यच्च कामसुखं लोके यच्च दिव्यं महत्सुखम् ।
तृष्णाक्षयसुखस्यैते नार्हतः षोडशीं कलाम् ॥ ५१ ॥

'इस लोकमें जो विषयोंका [illegible] है तथा परलोकमें जो दिव्य एवं महान् सुख है, ये दोनों प्रकारके सुख तृष्णाके क्षयसे होनेवाले सुखकी सोलहवीं कलाके भी बराबर नहीं हैं ॥ ५१ ॥

आत्मना सप्तमं कामं हत्वा शत्रुमिवोत्तमम् ।
प्राप्यावध्यं ब्रह्मपुरं राजेव स्यामहं सुखी ॥ ५२ ॥

'काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य और ममता—ये देहधारियोंके सात शत्रु हैं। इनमें सातवाँ कामरूप शत्रु सबसे प्रबल है। उन सबके साथ इस महान् शत्रु कामका नाश करके मैं अविनाशी ब्रह्मपुरमें स्थित हो राजाके समान सुखी होऊँगा' ॥ ५२ ॥

एतां बुद्धिं समास्थाय मङ्किर्निर्वेदमागतः ।
सर्वान् कामान् परित्यज्य प्राप्य ब्रह्म महत्सुखम् ॥ ५३ ॥

राजन्! इसी बुद्धिका आश्रय लेकर मङ्कि धन और भोगोंसे विरक्त हो गये और समस्त कामनाओंका परित्याग

करके उन्होंने परमानन्दस्वरूप परब्रह्मको ___ कर लिया ॥

दम्यनाशकृते मङ्किरमृतत्वं किलागमत् ।
अच्छिनत् काममूलं स तेन प्राप महत्सुखम् ॥ ५४ ॥

बछड़ोंके नाशको निमित्त बनाकर ही मङ्कि अमृतत्वको ___ हो गये । उन्होंने कामकी जड़ काट डाली; इसलिये महान् ___ प्राप्त कर लिया ॥ ५४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मङ्किगीतायां सप्तसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १७७ ॥

___ प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मङ्किगीताविषयक ___ सौ सतहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १७७ ॥

अष्टसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः

जनककी उक्ति तथा राजा नहुषके प्रश्नोंके उत्तरमें बोध्यगीता

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
गीतं विदेहराजेन जनकेन प्रशाम्यता ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! इसी विषयमें शान्त-भावको प्राप्त हुए विदेहराज जनकने जो उद्गार प्रकट किया था, उस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया जाता है ॥ १ ॥

अनन्तमिव मे वित्तं यस्य मे नास्ति किञ्चन ।
मिथिलायां प्रदीप्तायां न मे दह्यति किञ्चन ॥ २ ॥

[जनक बोले—]मेरे पास अनन्त-सा धन-वैभव है; फिर भी मेरा कुछ नहीं है । इस मिथिलापुरीमें ___ ___ जाय तो भी मेरा ___ नहीं जलता ॥ २ ॥

अत्रैवोदाहरन्तीमं बोध्यस्य पदसंचयम् ।
निर्वेदं प्रति विन्यस्तं तं निबोध युधिष्ठिर ॥ ३ ॥

युधिष्ठिर ! इसी प्रसंगमें वैराग्यको ___ करके बोध्य मुनिने जो वचन कहे हैं, उन्हें बताता हूँ, सुनो ॥ ३ ॥

बोध्यं शान्तमृषिं राजा नाहुषः पर्यपृच्छत ।
निर्वेदाच्छान्तिमापन्नं ___प्रज्ञानतर्पितम् ॥ ४ ॥

कहते हैं, किसी समय नहुषनन्दन राजा ययातिने वैराग्य-___ शान्तभावको प्राप्त हुए शास्त्रके उत्कृष्ट ज्ञानसे परितृप्त परम शान्त बोध्य ऋषिसे पूछा— ॥ ४ ॥

उपदेशं महाप्राज्ञ शमस्योपदिशस्व मे ।
कां बुद्धिं समनुध्याय शान्तश्चरसि निर्वृतः ॥ ५ ॥

'महाप्राज्ञ ! आप मुझे ऐसा उपदेश दीजिये, जिससे मुझे शान्ति मिले । कौन-सी ऐसी बुद्धि है, जिसका आश्रय लेकर आप शान्ति और संतोषके ___ विचरते हैं ?' ॥ ५ ॥

बोध्य उवाच

उपदेशेन वर्तामि नानुशास्मीह कंचन ।
लक्षणं तस्य वक्ष्येऽहं तत् स्वयं परिमृश्यताम् ॥ ६ ॥

बोध्यने कहा—राजन् ! मैं किसीको उपदेश नहीं देता, बल्कि स्वयं दूसरोंसे ___ हुए उपदेशके अनुसार आचरण करता हूँ । मैं अपनेको मिले हुए उपदेशका ___ बता रहा हूँ (जिनसे उपदेश मिला है, उन गुरुओंका संकेत-मात्र कर रहा हूँ), उसपर तुम स्वयं विचार करो ॥ ६ ॥

पिङ्गला कुररः सर्पः सारङ्गान्वेषणं वने ।
इषुकारः कुमारी च षडेते गुरवो मम ॥ ७ ॥

पिङ्गला, कुरर पक्षी, सर्प, वनमें सारङ्गका अन्वेषण, बाण बनानेवाला और कुमारी कन्या—ये छः मेरे गुरु हैं ॥

भीष्म उवाच

आशा बलवती राजन् नैराश्यं परमं सुखम् ।
आशां निराशां कृत्वा तु सुखं स्वपिति पिङ्गला ॥ ८ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! बोध्यको अपने गुरुओंसे जो उपदेश प्राप्त हुआ था, वह इस ___ समझना चाहिये —आशा बड़ी प्रबल है । वही सबको दुःख देती है । निराशा ही परम सुख है । आशाको निराशाके रूपमें परिणत करके पिङ्गला वेश्या सुखसे सो गयी । (पिङ्गला आशाके त्यागका उपदेश देनेके कारण गुरु हुई) ॥ ८ ॥

सामिषं कुररं दृष्ट्वा वध्यमानं निरामिषैः ।
आमिषस्य परित्यागात् कुररः सुखमेधते ॥ ९ ॥

चोंचमें मांसका टुकड़ा लिये उड़ते हुए कुरर(क्रौञ्च)पक्षीको देखकर दूसरे पक्षी जो मांस नहीं लिये हुए थे, उसे मारने लगे । तब उसने ___ मांसके टुकड़ेको त्याग दिया । अतः पक्षियोंने उसका पीछा करना छोड़ दिया । इस प्रकार आमिषके त्यागसे क्रौञ्चपक्षी सुखी हो गया । भोगोंके परित्यागका उपदेश देनेके कारण कुरर (क्रौञ्च) पक्षी गुरु हुआ ॥ ९ ॥

गृहारम्भो ___ दुःखाय न सुखाय कदाचन ।
सर्पः परकृतं वेश्म प्रविश्य सुखमेधते ॥ १० ॥

घर बनानेका खटपट करना दुःखका ही कारण है । उससे कभी सुख नहीं मिलता । देखो, साँप दूसरोंके बनाये हुए घर (बिल) ___ प्रवेश करके सुखसे रहता है । (अतः अनिकेत रहने—घर-द्वारके चक्करमें न पड़नेका उपदेश देनेके कारण सर्प गुरु हुआ) ॥ १० ॥

सुखं जीवन्ति मुनयो भैक्ष्यवृत्तिं समाश्रिताः ।
अद्रोहेणैव भूतानां सारङ्गा इव पक्षिणः ॥ ११ ॥

जिस प्रकार पपीहा पक्षी किसी भी प्राणीसे वैर न करके याचनावृत्तिसे अपना निर्वाह करते हैं, उसी प्रकार मुनिजन भिक्षावृत्तिका आश्रय लेकर सुखसे जीवन व्यतीत करते हैं (अद्रोहका उपदेश देनेके कारण पपीहा गुरु हुआ) ॥ ११ ॥

इषुकारो नरः कश्चिदिषावासक्तमानसः ।
समीपेनापि गच्छन्तं राजानं नावबुद्धवान् ॥ १२ ॥

___ बार एक बाण बनानेवालेको देखा गया, वह अपने

काममें ऐसा दत्तचित्त था कि उसके पाससे निकली हुई राजाकी सवारीका भी उसे कुछ पता नहीं चला (उसके द्वारा एकाग्रचित्तताका उपदेश प्राप्त हुआ, इसलिये वह गुरु हो गया) ॥ १२ ॥

बहूनां कलहो नित्यं द्वयोः संकथनं ध्रुवम् ।
एकाकी विचरिष्यामि कुमारीशंखको यथा ॥ १३ ॥

बहुत मनुष्य एक साथ रहें तो उनमें प्रतिदिन कलह होता है और दो रहें तो भी उनमें बातचीत तो अवश्य ही होती है; अतः मैं कुमारी कन्याके हाथमें धारण की हुई शङ्खकी एक-एक चूड़ीके समान अकेला ही विचरूँगा* ॥ १३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि बोध्यगीतायां अष्टसप्तत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १७८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें बोध्यगीताविषयक एक सौ अठहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥१७८॥

एकोनाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः

प्रह्लाद और अवधूतका संवाद—आजगर वृत्तिकी प्रशंसा

युधिष्ठिर उवाच

केन वृत्तेन वृत्तज्ञ वीतशोकश्चरेन्महीम् ।
किंच कुर्वन्नरो लोके प्राप्नोति गतिमुत्तमाम् ॥ १ ॥

राजा युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! आप सदाचारके स्वरूपको जाननेवाले हैं। कृपया यह बताइये, किस तरहके आचारको अपनाकर मनुष्य शोकरहित हो इस पृथ्वीपर विचरण कर सकता है ? और इस जगत्‌में कौन-सा कर्म करके वह उत्तम गति पा सकता है ? ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
प्रह्लादस्य च संवादं मुनेराजगरस्य च ॥ २ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! इस विषयमें भी प्रह्लाद तथा अजगरवृत्तिसे रहनेवाले एक मुनिके संवादरूप प्राचीन इतिहासका दृष्टान्त दिया जाता है ॥ २ ॥

चरन्तं ब्राह्मणं कञ्चित् कल्पचित्तमनामयम् ।
पप्रच्छ राजा प्रह्लादो बुद्धिमान् बुद्धिसम्मतम् ॥ ३ ॥

एक सुदृढ़चित्त, दुःख-शोकसे रहित तथा बुद्धिसम्मत ब्राह्मणको पृथ्वीपर विचरते देख बुद्धिमान् राजा प्रह्लादने उससे इस प्रकार पूछा ॥ ३ ॥

प्रह्लाद उवाच

स्वस्थः शक्तो मृदुर्दान्तो निर्विधित्सोऽनसूयकः ।
सुवाक् प्रगल्भो मेधावी प्राज्ञश्चरसि बालवत् ॥ ४ ॥

प्रह्लाद बोले—ब्रह्मन् ! आप स्वस्थ, शक्तिमान्, मृदु, जितेन्द्रिय, कर्मारम्भसे दूर रहनेवाले, दूसरोंके दोषोंपर दृष्टि न डालनेवाले, सुन्दर और मधुर वचन बोलनेवाले, निर्भीक, प्रतिभाशाली, मेधावी तथा तत्त्वज्ञ होकर भी बालकोंके समान विचर रहे हैं ॥ ४ ॥

नैव प्रार्थयसे लाभं नालाभेष्वनुशोचसि ।
नित्यतृप्त इव ब्रह्मन् न किञ्चिदिव मन्यसे ॥ ५ ॥

न आप कोई लाभ चाहते हैं और न हानि होनेपर उसके लिये ही शोक करते हैं। ब्रह्मन् ! आप नित्यतृप्त-से रहते हुए न किसी वस्तुको प्रिय मानते हैं और न अप्रिय ॥ ५ ॥

स्रोतसा ह्रियमाणासु प्रजासु विमना इव ।
धर्मकामार्थकार्येषु कूटस्थ इव लक्ष्यसे ॥ ६ ॥

सारी प्रजा काम-क्रोध आदिके प्रवाहमें पड़कर बही जा रही है; परंतु आप उधरसे उदासीन-जैसे जान पड़ते हैं तथा धर्म, अर्थ एवं कामसम्बन्धी कार्योंके प्रति भी निश्चेष्ट-से दिखायी देते हैं ॥ ६ ॥

नानुतिष्ठसि धर्मार्थौ न कामे चापि वर्तसे ।
इन्द्रियार्थाननादृत्य मुक्तश्चरसि साक्षिवत् ॥ ७ ॥

धर्म और अर्थसम्बन्धी कार्योंका आप अनुष्ठान नहीं करते हैं, काममें भी आपकी प्रवृत्ति नहीं है। आप इन्द्रियोंके सम्पूर्ण विषयोंकी उपेक्षा करके साक्षीके समान मुक्तरूपसे विचरते हैं ॥७॥

का नु प्रज्ञा श्रुतं वा किं वृत्तिर्वा का नु ते मुने ।
क्षिप्रमाचक्ष्व मे ब्रह्मन् श्रेयो यदिह मन्यसे ॥ ८ ॥

मुने ! आपके पास कौन-सी ऐसी बुद्धि, कैसा शास्त्रज्ञान अथवा कौन-सी वृत्ति है, जिससे आपका जीवन ऐसा बन गया है ? ब्रह्मन् ! आपके मतसे इस जगत्‌में मेरे लिये जो श्रेयका साधन हो, उसे शीघ्र बतावें ॥ ८ ॥

भीष्म उवाच

अनुयुक्तः स मेधावी लोकधर्मविधानवित् ।
उवाच श्लक्ष्णया वाचा प्रह्लादमनपार्थया ॥ ९ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! प्रह्लादके इस प्रकार पूछनेपर लोक-धर्मके विधानको जाननेवाले उन मेधावी मुनिने उनसे मधुर एवं सार्थक वाणीमें इस प्रकार कहा— ॥ ९ ॥

* एक गृहस्थके घरपर कुछ अतिथि आ गये। घरके सब लोग कहीं बाहर चले गये थे। भीतर केवल एक कुमारी कन्या थी, जिसपर उन अतिथियोंके भोजन आदिका भार आ पड़ा। वह उनके निमित्त रसोई बनानेके लिये धान कूटने लगी। उसके हाथोंमें शङ्खकी बनी हुई कई चूड़ियाँ थीं, जो धान कूटते समय खनखना उठीं। अतिथियोंको इस बातका पता न चल जाय; इसलिये एक-एक करके उसने चूड़ियाँ निकाल लीं, दोनों हाथोंमें केवल एक-एक चूड़ी ही शेष रह गयी, फिर उनका बजना बंद हो गया। इस प्रकार एकाकी रहनेका उपदेश देनेके कारण वह कुमारी गुरु हुई।

पश्य प्रह्लाद भूतानामुत्पत्तिमनिमित्ततः ।
ह्रासं वृद्धिं विनाशं च न प्रहृष्ये न [illegible] व्यथे ॥ १० ॥

'प्रह्लाद ! देखो, इस जगत्‌के प्राणियोंकी उत्पत्ति, वृद्धि, ह्रास और विनाश कारणरहित सत्स्वरूप परमात्मासे ही हुए हैं; इस कारण मैं उनके लिये न तो हर्ष प्रकट करता हूँ और न व्यथित ही होता हूँ ॥ १० ॥

स्वभावादेव संदृश्या वर्तमानाः प्रवृत्तयः ।
स्वभावनिरताः सर्वाः परितुष्येन्न केनचित् ॥ ११ ॥

'ऐसा समझना चाहिये, पूर्वकृत कर्मानुसार बने हुए स्वभावसे ही प्राणियोंकी वर्तमान प्रवृत्तियाँ प्रकट हुई हैं; अतः समस्त प्रजा स्वभावमें ही तत्पर है, उनका दूसरा कोई आश्रय नहीं है । इस रहस्यको समझकर मनुष्यको किसी भी परिस्थितिमें संतुष्ट नहीं होना चाहिये ॥ ११ ॥

पश्य प्रह्लाद संयोगान् विप्रयोगपरायणान् ।
संचयांश्च विनाशान्तान् न क्वचिद् विदधे [illegible] ॥१२॥

'प्रह्लाद ! देखो, जितने संयोग हैं, उनका पर्यवसान वियोगमें ही होता है और जितने संचय हैं, उनकी समाप्ति विनाशमें ही होती है । यह सब देखकर मैं कहीं भी अपने मनको नहीं लगाता हूँ ॥ १२ ॥

अन्तवन्ति च भूतानि गुणयुक्तानि पश्यतः ।
उत्पत्तिनिधनज्ञस्य किं कार्यमवशिष्यते ॥ १३ ॥

'जो गुणयुक्त सम्पूर्ण भूतोंको नाशवान् देखता है [illegible] उत्पत्ति और प्रलयके तत्त्वको जानता है, उसके लिये यहाँ कौन-सा कार्य अवशिष्ट रह जाता है ? ॥ १३ ॥

जलजानामपि ह्यन्तं पर्यायेणोपलक्षये ।
महतामपि कायानां सूक्ष्माणां च महोदधौ ॥ १४ ॥

'महासागरके जलमें पैदा होनेवाले विशाल शरीरवाले तिमि आदि मत्स्यों तथा छोटे-छोटे कीड़ोंका भी बारी-बारी- [illegible] विनाश होता देखता हूँ ॥ १४ ॥

जङ्गमस्थावराणां च भूतानामसुराधिप ।
पार्थिवानामपि व्यक्तं मृत्युं पश्यामि सर्वशः ॥ १५ ॥

'असुरराज ! पृथ्वीपर भी जितने स्थावर-जङ्गम प्राणी हैं, उन सबकी मृत्यु मुझे [illegible] दिखायी दे रही है ॥

अन्तरिक्षचराणां च दानवोत्तम पक्षिणाम् ।
उत्तिष्ठते यथाकालं मृत्युर्बलवतामपि ॥ १६ ॥

'दानवश्रेष्ठ ! आकाशमें विचरनेवाले बलवान् पक्षियों- [illegible] भी यथासमय मृत्यु आ पहुँचती है ॥ १६ ॥

दिवि संचरमाणानि ह्रस्वानि [illegible] महान्ति च ।
ज्योतींष्यपि यथाकालं पतमानानि लक्षये ॥ १७ ॥

'आकाशमें जो छोटे-बड़े ज्योतिर्मय नक्षत्र विचर रहे हैं, उन्हें भी [illegible] यथासमय नीचे गिरते देखता हूँ ॥१७॥

इति भूतानि सम्पश्यन्ननुषक्तानि मृत्युना ।
सर्वसामान्यगो विद्वान् कृतकृत्यः सुखं स्वपे ॥ १८ ॥

'इस प्रकार सारे प्राणियोंको मैं मृत्युके पाशमें बद्ध देखता हूँ; इसलिये तत्त्वको जानकर कृतकृत्य हो सबके प्रति समान भाव रखता हुआ सुखसे सोता हूँ ॥ १८ ॥

सुमहान्तमपि ग्रासं ग्रसे लब्धं यदृच्छया ।
[illegible] पुनरभुञ्जानो दिवसानि बहून्यपि ॥ १९ ॥

'यदि दैवेच्छासे अकस्मात् अधिक भोजन प्राप्त हो जाय तो मैं बहुत खा लेता हूँ, ग्रासमात्र मिले तो उसीमें संतुष्ट रहता हूँ और न मिला तो बहुत दिनोंतक बिना खाये पीये भी सो रहता हूँ ॥ १९ ॥

आशयन्त्यपि मामन्नं पुनर्बहुगुणं बहु ।
पुनरल्पं पुनःस्तोकं पुनर्नैवोपपद्यते ॥ २० ॥

'फिर कितने ही लोग आकर मुझे अनेक गुणोंसे सम्पन्न बहुत-सा अन्न खिला देते हैं । पुनः कभी बहुत थोड़ा, कभी थोड़ेसे भी थोड़ा भोजन मिलता है और कभी वह भी नहीं मिलता ॥ २० ॥

कणं कदाचित् खादामि पिण्याकमपि [illegible] ग्रसे ।
भक्षये शालिमांसानि भक्ष्यांश्चोच्चावचान् पुनः ॥ २१ ॥

'कभी चावलकी कनी खाता हूँ, कभी तिलकी खली ही खाकर रह जाता हूँ और कभी अगहनीके चावलका भात भरपेट [illegible] हूँ । इस प्रकार मुझे बढ़िया घटिया सभी तरहके भोजन बारबार [illegible] होते रहते हैं ॥ २१ ॥

शये कदाचित् पर्यङ्के भूमावपि पुनः शये ।
प्रासादे चापि मे शय्या कदाचिदुपपद्यते ॥ २२ ॥

'कभी पलंगपर सोता हूँ, कभी पृथ्वीपर ही पड़ा रहता हूँ और कभी-कभी मुझे महलके भीतर बिछी हुई बहुमूल्य शय्या भी उपलब्ध हो जाती है ॥ २२ ॥

धारयामि [illegible] चीराणि शाणक्षौमाजिनानि च ।
महार्हाणि च वासांसि धारयाम्यहमेकदा ॥ २३ ॥

'मैं कभी तो चिथड़े अथवा [illegible] पहनकर रहता हूँ, कभी सनके, कभी रेशमके और कभी मृगचर्मके वस्त्र धारण करता हूँ तथा किसी एक कालमें बहुत-से बहुमूल्य वस्त्रोंको भी पहन लेता हूँ ॥ २३ ॥

न संनिपतितं धर्म्यमुपभोगं यदृच्छया ।
प्रत्याचक्षे न चाप्येनमनुरुध्ये सुदुर्लभम् ॥ २४ ॥

'यदि दैववश मुझे कोई धर्मानुकूल भोग्य पदार्थ प्राप्त हो जाय तो मैं उससे द्वेष नहीं करता हूँ और प्राप्त न होनेपर किसी दुर्लभ भोगकी भी कभी इच्छा नहीं करता ॥ २४ ॥

अचलमनिधनं शिवं विशोकं
शुचिमतुलं विदुषां मते प्रविष्टम् ।
अनभिमतमसेवितं विमूढै-
र्व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ २५ ॥

[illegible] सदा पवित्रभावसे रहकर इस अजगरवृत्तिका [illegible] सरण करता हूँ । यह अत्यन्त सुदृढ़, मृत्युसे दूर रखनेवाली, कल्याणमय, शोकहीन, शुद्ध, अनुपम और विद्वानोंके मतके

अनुकूल है। मूर्ख मनुष्य न तो इसे मानते हैं और न इसका सेवन ही करते हैं ॥ २५ ॥

अचलितमतिरच्युतः स्वधर्मात्
परिमितसंसरणः परावरज्ञः।
विगतभयकषायलोभमोहो
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ २६ ॥

'मेरी बुद्धि अविचल है, मैं अपने धर्मसे च्युत नहीं हुआ हूँ, मेरा सांसारिक व्यवहार परिमित हो गया है, मुझे उत्तम और अधमका ज्ञान है, मेरे हृदयसे भय, राग-द्वेष, लोभ और मोह दूर हो गये हैं। मैं पवित्रभावसे रहकर इस अजगरोचित व्रतका आचरण करता हूँ ॥ २६ ॥

अनियतफलभक्ष्यभोज्यपेयं
विधिपरिणामविभक्तदेशकालम्।
हृदयसुखमसेवितं कदर्यै-
र्व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ २७ ॥

'यह अजगरसम्बन्धी व्रत मेरे हृदयको सुख देनेवाला है। इसमें भक्ष्य, भोज्य, पेय और फल आदिके मिलनेकी कोई नियत व्यवस्था नहीं रहती—अनियतरूपसे जो कुछ मिल जाय, उसीसे निर्वाह करना होता है। इस व्रतमें प्रारब्धके परिणामके अनुसार देश और कालका विभाग नियत है। विषयलोलुप नीच पुरुष इसका सेवन नहीं करते, मैं पवित्रभावसे इसी व्रतका आचरण करता हूँ ॥ २७ ॥

इदमिदमिति तृष्णयाभिभूतं
जनमनवाप्तधनं विषीदमानम्।
निपुणमनुनिशाम्य तत्त्वबुद्ध्या
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ २८ ॥

'जो यह मिले, वह मिले, इस प्रकार तृष्णासे दबे रहते हैं और धन न मिलनेके कारण निरन्तर विषाद करते हैं; ऐसे लोगोंकी दशा अच्छी तरह देखकर तात्त्विक बुद्धिसे सम्पन्न हुआ मैं पवित्रभावसे इस आजगरव्रतका आचरण करता हूँ ॥ २८ ॥

बहुविधमनुदृश्य चार्थहेतोः
कृपणमिहार्यमनार्यमाश्रयन्तम्।
उपशमरुचिरात्मवान् प्रशान्तो
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ २९ ॥

'मैं बारंबार देखता हूँ कि श्रेष्ठ मनुष्य भी धनके लिये दीनभावसे नीच पुरुषका आश्रय लेते हैं। यह देखकर मेरी रुचि प्रशान्त हो गयी है। अतः मैं अपने स्वरूपको प्राप्त और सर्वथा शान्त हो गया हूँ और पवित्रभावसे इस आजगरव्रतका आचरण करता हूँ ॥ २९ ॥

सुखमसुखमलाभमर्थलाभं
रतिमरतिं मरणं च जीवितं च।
विधिनियतमवेक्ष्य तत्त्वतोऽहं
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ ३० ॥

'सुख-दुःख, लाभ-हानि, अनुकूल और प्रतिकूल तथा जीवन और मरण—ये सब दैवके अधीन हैं। इस प्रकार यथार्थरूपसे जानकर मैं शुद्धभावसे इस आजगरव्रतका आचरण करता हूँ ॥ ३० ॥

अपगतभयरागमोहदर्पो
धृतिमतिबुद्धिसमन्वितः प्रशान्तः।
उपगतफलभोगिनो निशाम्य
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ ३१ ॥

'मेरे भय, राग, मोह और अभिमान नष्ट हो गये हैं। मैं धृति, मति और बुद्धिसे सम्पन्न एवं पूर्णतया शान्त हूँ। और प्रारब्धवश स्वतः अपने समीप आयी हुई वस्तुका ही उपभोग करनेवालोंको देखकर मैं पवित्रभावसे इस आजगरव्रतका आचरण करता हूँ ॥ ३१ ॥

अनियतशयनासनः प्रकृत्या
दमनियमव्रतसत्यशौचयुक्तः।
अपगतफलसंचयः प्रहृष्टो
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ ३२ ॥

'मेरे सोने-बैठनेका कोई नियत स्थान नहीं है। मैं स्वभावतः दम, नियम, व्रत, सत्य और शौचाचारसे सम्पन्न हूँ। मेरे कर्मफलसंचयका नाश हो चुका है। मैं प्रसन्नतापूर्वक पवित्रभावसे इस आजगरव्रतका आचरण करता हूँ ॥

अपगतमसुखार्थमीहनार्थै-
रुपगतबुद्धिरवेक्ष्य चात्मसंस्थम्।
तृषितमनियतं मनो नियन्तुं
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ ३३ ॥

'जिनका परिणाम दुःख है, उन इच्छाके विषयभूत सभी पदार्थोंसे जो विरक्त हो चुका है, ऐसे आत्मनिष्ठ महापुरुषको देखकर मुझे ज्ञान प्राप्त हो गया है। अतः मैं तृष्णासे व्याकुल असंयत मनको वशमें करनेके लिये पवित्रभावसे इस आजगरव्रतका आचरण करता हूँ ॥ ३३ ॥

न हृदयमनुरुध्य वाङ्मनो वा
प्रियसुखदुर्लभतामनित्यतां च।
तदुभयमुपलक्षयन्निवाहं
व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि ॥ ३४ ॥

'मन, वाणी और बुद्धिकी उपेक्षा करके इनको प्रिय लगनेवाले विषय-सुखोंकी दुर्लभता तथा अनित्यता—इन दोनोंको देखनेवालेकी भाँति मैं पवित्रभावसे इस आजगरव्रतका आचरण करता हूँ ॥ ३४ ॥

बहुकथितमिदं हि बुद्धिमद्भिः
कविभिरपि प्रथयद्भिरात्मकीर्तिम्।
इदमिदमिति तत्र तत्र हन्त
स्वपरमतैर्गहनं प्रतर्कयद्भिः ॥ ३५ ॥

'अपनी कीर्तिका विस्तार करनेवाले विद्वानों और बुद्धि-

मानोंने अपने और दूसरोंके मतसे गहन तर्क और वितर्क करके 'ऐसे करना चाहिये' 'ऐसे [illegible] चाहिये' इत्यादि कह-कर इस व्रतकी अनेक प्रकारसे व्याख्या की है ॥ ३५ ॥

तदिदमनुनिशम्य विप्रपातं
पृथगभिपन्नमिहाबुधैर्मनुष्यैः ।
अनवसितमनन्तदोषपारं
नृषु विहरामि विनीतदोषतृष्णः ॥ ३६॥

'मूर्खलोग इस अजगरवृत्तिको सुनकर इसे पहाड़की चोटीसे गिरनेकी भाँति भयंकर समझते हैं। परंतु उनकी वह मान्यता भिन्न है। [illegible] इस अजगरवृत्तिको अज्ञानका [illegible] और समस्त दोषोंसे रहित मानता हूँ। अतः दोष और तृष्णाका त्याग करके मनुष्योंमें विचरता हूँ' ॥ ३६॥

भीष्म उवाच

अजगरचरितं व्रतं महात्मा
य इह नरोऽनुचरेद् विनीतरागः।
अपगतभयलोभमोहमन्युः
स खलु सुखी विचरेदिमं विहारम् ॥३७॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! जो महापुरुष राग, भय, लोभ, मोह और क्रोधको त्यागकर इस आजगर व्रतका पालन करता है, वह इस लोकमें सानन्द विचरण करता है ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि आजगरप्रह्लादसंवादे एकोनाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १७९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें अजगरवृत्तिसे रहनेवाले मुनि और प्रह्लादका संवादविषयक एक सौ उनासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १७९ ॥

अशीत्यधिकशततमोऽध्यायः

सद्‌बुद्धिका आश्रय लेकर आत्महत्यादि पापकर्मसे निवृत्त होनेके सम्बन्धमें काश्यप [illegible] और इन्द्रका संवाद

युधिष्ठिर उवाच

बान्धवाः कर्म वित्तं वा [illegible] वेह पितामह ।
नरस्य का प्रतिष्ठा स्यादेतत् पृष्टो वदस्व मे ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! अब मेरे प्रश्नके अनुसार मुझे यह बताइये कि मनुष्यको बन्धुजन, कर्म, धन अथवा बुद्धि—इनमेंसे किसका आश्रय लेना चाहिये? ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

प्रज्ञा प्रतिष्ठा भूतानां [illegible] लाभः परो [illegible] ।
प्रज्ञा निःश्रेयसी लोके प्रज्ञा स्वर्गो [illegible] सताम्॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! प्राणियोंका प्रधान आश्रय बुद्धि है। बुद्धि ही उनका सबसे बड़ा लाभ है। संसारमें बुद्धि ही उनका कल्याण करनेवाली है। सत्पुरुषोंके मतमें बुद्धि ही स्वर्ग है ॥ २ ॥

प्रज्ञया प्रापितार्थो [illegible] बलिरैश्वर्यसंक्षये ।
प्रह्लादो नमुचिर्मङ्किस्तस्याः किं विद्यते परम् ॥ ३ ॥

राजा बलिने अपना ऐश्वर्य क्षीण हो जानेपर पुनः उसे बुद्धिबलसे ही पाया था। प्रह्लाद, नमुचि और मङ्किने भी बुद्धिबलसे ही अपना-अपना अर्थ सिद्ध किया था। संसारमें बुद्धिसे बढ़कर और क्या है? ॥ ३ ॥

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
इन्द्रकाश्यपसंवादं तन्निबोध युधिष्ठिर ॥ [illegible] ॥

युधिष्ठिर! इस विषयमें विज्ञ पुरुष इन्द्र और काश्यप-के संवादरूप प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, उसे सुनो ॥ ४ ॥

वैश्यः कश्चिदृषिसुतं काश्यपं संशितव्रतम्।
रथेन पातयामास श्रीमान् दृप्तस्तपस्विनम् ॥ ५ ॥

कहते हैं, पूर्वकालमें धनके अभिमानसे मतवाले हुए किसी धनी वैश्यने कठोर व्रतका पालन करनेवाले तपस्वी ऋषिकुमार काश्यपको अपने रथसे धक्के देकर गिरा दिया ॥

आर्तः [illegible] पतितः क्रुद्धस्त्यक्त्वाऽऽत्मानमथाब्रवीत्।
मरिष्याम्यधनस्येह जीवितार्थो न विद्यते ॥ ६ ॥

वे पीड़ासे कराहकर गिर पड़े और कुपित होकर आत्म-हत्याके लिये उद्यत हो इस प्रकार बोले—'अब मैं प्राण दे दूँगा; क्योंकि इस संसारमें निर्धन मनुष्यका जीवन व्यर्थ है' ॥

तथा मुमूर्षुमासीनमकूजन्तमचेतसम् ।
इन्द्रः शृगालरूपेण बभाषे लुब्धमानसम् ॥ ७ ॥

उन्हें इस प्रकार मरनेकी इच्छा लेकर बैठे मूर्च्छासे अचेत हो कुछ [illegible] बोलते और मन ही मन धनके लिये ललचाते देखकर इन्द्रदेव सियारका रूप धारण करके आये और उनसे इस प्रकार कहने लगे—॥ [illegible] ॥

मनुष्ययोनिमिच्छन्ति सर्वभूतानि सर्वशः।
मनुष्यत्वे च विप्रत्वं सर्व एवाभिनन्दति ॥ ८ ॥

'मुने! सभी प्राणी सब प्रकारसे मनुष्ययोनि पानेकी इच्छा रखते हैं। उसमें भी ब्राह्मणत्वकी प्रशंसा तो सभी लोग करते हैं ॥ ८ ॥

मनुष्यो ब्राह्मणश्चासि श्रोत्रियश्चासि काश्यप।
सुदुर्लभमवाप्यैतन्न दोषान्मर्तुमर्हसि ॥ ९ ॥

'काश्यप! आप तो मनुष्य हैं, ब्राह्मण हैं और श्रोत्रिय भी हैं। ऐसा परम दुर्लभ शरीर पाकर आपको उसमें दोष-दृष्टि करके स्वयं ही मरनेके लिये उद्यत होना उचित नहीं है ॥

काश्यप ब्राह्मणके प्रति गीदड़के रूपमें इन्द्रका उपदेश

इन्द्रको पहचाननेपर काश्यपद्वारा उनकी पूजा

सर्वे लाभाः साभिमाना इति सत्यवती श्रुतिः ।
संतोषणीयरूपोऽसि लोभाद् यदभिमन्यसे ॥ १० ॥

'संसारमें जितने लाभ हैं, वे सभी अभिमानपूर्ण हैं, ऐसा सत्य अर्थका प्रतिपादन करनेवाली श्रुतिका कथन है (अर्थात् मैंने यह लाभ अपने पुरुषार्थसे किया है, ऐसा अहंकार प्रायः सभी मनुष्य कर लेते हैं)। आपका स्वरूप तो संतोष रखनेके योग्य है। आप लोभवश ही उसकी अवहेलना करते हैं॥

अहो सिद्धार्थता तेषां येषां सन्तीह पाणयः ।
अतीव स्पृहये तेषां येषां सन्तीह पाणयः ॥ ११ ॥

'अहो! जिनके पास भगवान्‌के दिये हुए हाथ हैं, उनको तो मैं कृतार्थ मानता हूँ। इस जगत्‌में जिनके पास एकसे अधिक हाथ हैं, उनके-जैसा सौभाग्य पानेकी इच्छा मुझे बारंबार होती है॥ ११ ॥

पाणिमद्भ्यः स्पृहास्माकं यथा तव धनस्य वै ।
न पाणिलाभादधिको लाभः [illegible] विद्यते ॥ १२ ॥

'जैसे आपके मनमें धनकी लालसा है, उसी प्रकार हम पशुओंको हाथवाले मनुष्योंसे हाथ पानेकी अभिलाषा रहती है। हमारी दृष्टिमें हाथ मिलनेसे अधिक दूसरा कोई लाभ नहीं ॥ १२ ॥

अपाणित्वाद् वयं ब्रह्मन् कण्टकं नोद्धरामहे ।
जन्तूनुच्चावचानङ्गे दशतो न [illegible] वा ॥ १३ ॥

'ब्रह्मन्! हमारे शरीरमें काँटे गड़ जाते हैं; परंतु हाथ न होनेसे हम उन्हें निकाल नहीं पाते हैं। जो छोटे-बड़े जीव-जन्तु हमारे शरीरमें डँसते हैं, उनको भी हम हटा नहीं सकते॥

अथ येषां पुनः पाणी देवदत्तौ दशाङ्गुली ।
उद्धरन्ति कृमीनङ्गाद् दशतो निकषन्ति च ॥ १४ ॥

'परंतु जिनके पास भगवान्‌के दिये हुए दस अंगुलियोंसे युक्त दो हाथ हैं, वे अपने अङ्गोंसे उन कीड़ोंको हटाते [illegible] नष्ट कर देते हैं, जो उन्हें डँसते हैं ॥ १४॥

वर्षाहिमातपानां च परित्राणानि कुर्वते ।
चैलमन्नं सुखं शय्यां निवातं चोपभुञ्जते ॥ १५ ॥

'वे वर्षा, सर्दी और धूपसे अपनी रक्षा कर लेते हैं, कपड़ा पहनते हैं, सुखपूर्वक अन्न खाते हैं, शय्या बिछाकर सोते हैं तथा एकान्त [illegible] उपभोग करते हैं ॥ १५ ॥

अधिष्ठाय च गां लोके भुञ्जते वाहयन्ति च ।
उपायैर्बहुभिश्चैव वश्यानात्मनि कुर्वते ॥ १६ ॥

'हाथवाले मनुष्य बैलोंसे जुती हुई गाड़ीपर चढ़कर उन्हें हाँकते हैं और जगत्‌में उनका यथेष्ट उपभोग करते हैं तथा हाथसे ही अनेक प्रकारके उपाय करके लोगोंको अपने वशमें कर लेते हैं ॥ १६ ॥

ये खल्वजिह्वाः कृपणा अल्पप्राणा अपाणयः ।
सहन्ते तानि दुःखानि दिष्ट्या त्वं न तथा मुने ॥१७॥

'मुने! जो दुःख बिना हाथके दीन, दुर्बल और बेजबान प्राणी सहते हैं, सौभाग्यवश वे तो आपको नहीं सहने पड़ते हैं॥

दिष्ट्या त्वं न शृगालो वै न कृमिर्न च मूषकः ।
न सर्पो न च मण्डूको न चान्यः पापयोनिजः ॥ १८ ॥

'आपका बड़ा भाग्य है कि आप गीदड़, कीड़ा, चूहा, साँप, मेढक या किसी दूसरी पापयोनिमें नहीं उत्पन्न हुए ॥

एतावतापि लाभेन तोष्टुमर्हसि काश्यप ।
किं पुनर्योऽसि सत्त्वानां सर्वेषां ब्राह्मणोत्तमः॥ १९ ॥

'काश्यप! आपको इतने ही लाभसे संतुष्ट रहना चाहिये। इससे अधिक लाभ [illegible] होगा कि आप सभी प्राणियोंमें श्रेष्ठ [illegible] हैं ॥ १९ ॥

इमे मां कृमयोऽदन्ति येषामुद्धरणाय वै ।
नास्ति शक्तिरपाणित्वात् पश्यावस्थामिमां मम ॥ २० ॥

'मुझे ये कीड़े खा रहे हैं, जिन्हें निकाल फेंकनेकी शक्ति मुझमें नहीं है। हाथ न होनेके कारण होनेवाली मेरी इस दुर्दशाको आप प्रत्यक्ष देख लें ॥ २० ॥

अकार्यमिति चैवेमं नात्मानं संत्यजाम्यहम् ।
नातः पापीयसीं योनिं पतेयमपरामिति ॥ २१ ॥

'आत्महत्या करना पाप है, यह सोचकर ही मैं अपने इस शरीरका परित्याग नहीं करता हूँ। मुझे भय है कि मैं इससे भी बढ़कर किसी दूसरी पापयोनिमें न गिर जाऊँ ॥

मध्ये वै पापयोनीनां शार्गाली यामहं गतः ।
पापीयस्यो बहुतरा इतोऽन्याः पापयोनयः ॥ २२ ॥

'यद्यपि मैं इस समय जिस शृगालयोनिमें हूँ, इसकी गणना भी पापयोनियोंमें ही है, तथापि दूसरी बहुत-सी पापयोनियाँ इससे भी नीची श्रेणीकी हैं ॥ २२ ॥

जात्यैवैके सुखितराः सन्त्यन्ये भृशदुःखिताः ।
नैकान्तं सुखमेवेह क्वचित्पश्यामि कस्यचित् ॥ २३ ॥

'कुछ देवता आदि जातिसे ही सुखी हैं, दूसरे पशु आदि जातिसे ही अत्यन्त दुखी हैं; परंतु मैं कहीं किसीको ऐसा नहीं देखता, जिसको सर्वथा सुख ही सुख हो ॥ २३ ॥

मनुष्या ह्याढ्यतां [illegible] राज्यमिच्छन्त्यनन्तरम् ।
राज्याद् देवत्वमिच्छन्ति देवत्वादिन्द्रतामपि ॥ २४ ॥

'मनुष्य धनी हो जानेपर राज्य पाना चाहते हैं, राज्यसे देवत्वकी इच्छा करते हैं और देवत्वसे फिर इन्द्रपद प्राप्त करना चाहते हैं ॥ २४ ॥

भवेस्त्वं यद्यपि त्वाढ्यो न राजा न च दैवतम् ।
देवत्वं प्राप्य चेन्द्रत्वं नैव तुष्येस्तथा सति ॥ २५ ॥

'यदि आप धनी हो जायँ तो भी ब्राह्मण होनेके [illegible] राजा नहीं हो सकते। यदि कदाचित् राजा हो जायँ तो देवता नहीं हो सकते। देवता और इन्द्रका पद भी पा जायँ तो भी आप उतनेसे संतुष्ट नहीं रह सकेंगे ॥ २५ ॥

न तृप्तिः प्रियलाभेऽस्ति तृष्णा नाद्भिः प्रशाम्यति ।
सम्प्रज्वलति सा भूयः समिद्भिरिव पावकः ॥ २६ ॥

'प्रिय वस्तुओंका लाभ होनेसे कभी तृप्ति नहीं होती।

बढ़ती हुई तृष्णा जलसे नहीं बुझती। ईंधन पाकर जलनेवाली आगके समान वह और भी प्रज्वलित होती जाती है ॥

अस्त्येव त्वयि शोकोऽपि हर्षश्चापि तथा त्वयि।
सुखदुःखे तथा चोभे तत्र का परिदेवना ॥ २७ ॥

'तुम्हारे भीतर शोक भी है और हर्ष भी। साथ ही सुख और दुःख दोनों हैं; फिर शोक करना किस कामका? ॥ २७ ॥

परिच्छिद्यैव कामानां सर्वेषां चैव कर्मणाम्।
मूलं बुद्धीन्द्रियग्रामं शकुन्तानिव पञ्जरे ॥ २८ ॥

'बुद्धि और इन्द्रियाँ ही समस्त कामनाओं और कर्मोंकी मूल हैं। उन्हें पिंजड़ेमें बंद पक्षियोंकी तरह अपने काबूमें रखा जाय तो कोई भय नहीं है ॥ २८ ॥

न द्वितीयस्य शिरसश्छेदनं विद्यते क्वचित्।
न च पाणेस्तृतीयस्य यन्नास्ति न ततो भयम् ॥ २९ ॥

'मनुष्यको दूसरे सिर और तीसरे हाथके कटनेका कभी भय नहीं होता है। जो वास्तवमें है ही नहीं, उसके कारण भय भी नहीं होता है ॥ २९ ॥

न खल्वप्यरसज्ञस्य कामः [illegible] जायते।
संस्पर्शाद् दर्शनाद् वापि श्रवणाद् वापि जायते ॥ ३० ॥

'जो किसी विषयका रस नहीं जानता, उसके मनमें कभी उसकी कामना भी नहीं होती। स्पर्शसे, दर्शनसे अथवा श्रवणसे भी कामनाका उदय होता है ॥ ३० ॥

न त्वं स्मरसि वारुण्या लट्वाकानां [illegible] पक्षिणाम्।
ताभ्यां चाभ्यधिको भक्ष्यो [illegible] कश्चिद् विद्यते क्वचित् ३१

'वारुणी मदिरा तथा चिड़िया—इन दोनोंका आप कभी स्मरण नहीं करते होंगे; क्योंकि इनको आपने नहीं [illegible] है; परंतु (जो तामसी मनुष्य इनको खाते हैं उनके लिये) कहीं और कोई भी भक्ष्य पदार्थ उन दोनोंसे बढ़कर नहीं है ॥ ३१ ॥

यानि चान्यानि भूतेषु भक्ष्यजातानि कस्यचित्।
येषामभुक्तपूर्वाणि तेषामस्मृतिरेव ते ॥ ३२ ॥

'प्राणियोंमें किसीके भी जो अन्यान्य भक्ष्य पदार्थ हैं, जिनका तुमने पहले उपभोग नहीं किया है, उन भोजनोंकी स्मृति तुमको कभी नहीं होगी ॥ ३२ ॥

अप्राशनमसंस्पर्शमसंदर्शनमेव च।
पुरुषस्यैष नियमो मन्ये श्रेयो न संशयः ॥ ३३ ॥

'मैं ऐसा मानता हूँ कि किसी वस्तुको न खाने, न छूने और न देखनेका नियम लेना ही पुरुषके लिये कल्याणकारी है, इसमें संशय नहीं ॥ ३३ ॥

पाणिमन्तो बलवन्तो धनवन्तो [illegible] संशयः।
मनुष्या मानुषैरेव दासत्वमुपपादिताः ॥ ३४ ॥

'जिनके दोनों हाथ बने हुए हैं, निस्संदेह वे ही बलवान् और धनवान् हैं। मनुष्योंको तो मनुष्योंने ही दास बना रक्खा है॥

वधबन्धपरिक्लेशैः क्लिश्यन्ते च पुनः पुनः।
ते खल्वपि रमन्ते [illegible] मोदन्ते च हसन्ति च ॥ ३५ ॥

'कितने ही मनुष्य बारंबार वध और बन्धनके क्लेश भोगते रहते हैं, परंतु वे भी (आत्महत्या करके प्राण नहीं देते, बल्कि) आपसमें क्रीड़ा करते, आनन्दित होते और हँसते हैं॥

अपरे बाहुबलिनः कृतविद्या मनस्विनः।
जुगुप्सितां च कृपणां पापवृत्तिमुपासते ॥ ३६ ॥

'दूसरे बहुत-से बाहुबलसे सम्पन्न विद्वान् और मनस्वी मनुष्य दीन, निन्दित एवं पापपूर्ण वृत्तिसे जीविका चलाते हैं ॥

उत्सहन्ते च ते वृत्तिमन्यामप्युपसेवितुम्।
स्वकर्मणा तु नियतं भवितव्यं [illegible] तत् तथा ॥ ३७ ॥

'वे दूसरी वृत्तिका सेवन करनेके लिये भी उत्साह रखते हैं; परंतु अपने कर्मके अनुसार जो नियत है, वैसा ही भविष्यमें होता है ॥ ३७ ॥

न पुल्कसो न चाण्डाल आत्मानं त्यक्तुमिच्छति
तया तुष्टः स्वया योन्या मायां पश्यस्व यादृशीम् ॥ ३८ ॥

'भङ्गी अथवा चाण्डाल भी अपने शरीरको त्यागना नहीं चाहता है, वह अपनी उसी योनिसे संतुष्ट रहता है। देखिये, भगवान्‌की कैसी माया है ! ॥ ३८ ॥

दृष्ट्वा कुणीन् पक्षहतान् मनुष्यानामयाविनः।
सुसम्पूर्णः स्वया योन्या लब्धलाभोऽसि काश्यप ३९

'काश्यप ! कुछ मनुष्य लूले और लँगड़े हैं, कुछ लोगोंको [illegible] [illegible] गया है, बहुत-से मनुष्य निरन्तर रोगी ही रहते है। उन सबकी ओर देखकर यह कहना पड़ता है कि आप अपनी योनिके अनुसार नीरोग और परिपूर्ण अङ्गवाले हैं। आपको मानवशरीरका लाभ मिल चुका है ॥ ३९ ॥

यदि ब्राह्मण देहस्ते निरातङ्को निरामयः।
अङ्गानि च समग्राणि [illegible] लोकेषु धिक्कृतः ॥ ४० ॥

'ब्राह्मणदेव ! यदि आपका शरीर निर्भय और नीरोग है, आपके सारे अङ्ग ठीक हैं, किसीमें कोई विकार नहीं आया है तो लोकमें कोई भी आपको धिक्कार नहीं सकता—आप धिक्कारके पात्र नहीं हो सकते ॥ ४० ॥

न केनचित् प्रवादेन सत्येनैवापहारिणा।
धर्मायोत्तिष्ठ विप्रर्षे नात्मानं त्यक्तुमर्हसि ॥ ४१ ॥

'यदि आपपर जातिच्युत करनेवाला कोई सच्चा कलङ्क लगा हो तो भी आपको प्राणत्यागका विचार नहीं करना चाहिये। ब्रह्मर्षे ! आप धर्मपालनके लिये उठ खड़े होइये ॥

यदि ब्रह्मञ्शृणोष्येतच्छ्रद्दधासि च मे वचः।
वेदोक्तस्यैव धर्मस्य फलं मुख्यमवाप्स्यसि ॥ ४२ ॥

'ब्रह्मन् ! यदि आप मेरी बात सुनेंगे और उसपर श्रद्धा करेंगे तो आपको वेदोक्त धर्मके पालनका ही मुख्य फल [illegible] होगा ॥ ४२ ॥

स्वाध्यायमग्निसंस्कारमप्रमत्तोऽनुपालय।
सत्यं [illegible] च दानं च स्पर्धिष्ठा मा च केनचित् ॥४३॥

'आप सावधान होकर स्वाध्याय, अग्निहोत्र, स[illegible]

इन्द्रियसंयम तथा दानधर्मका पालन कीजिये। किसीके साथ स्पर्धा न कीजिये ॥ ४३ ॥

ये केचन स्वध्ययनाः [illegible] यजनयाजनम्।
कथं ते चानुशोचेयुर्ध्यायेयुर्वाप्यशोभनम्।
इच्छन्तस्ते विहाराय सुखं महदवाप्नुयुः ॥ ४४ ॥

'जो ब्राह्मण स्वाध्यायमें लगे रहते हैं तथा यज्ञ करते और कराते हैं, वे किसी प्रकारकी चिन्ता क्यों करेंगे और कोई आत्महत्या आदि बुरी [illegible] भी क्यों सोचेंगे ? वे यदि चाहें तो यज्ञादिके द्वारा विहार करते हुए महान् सुख पा सकते हैं ॥

[illegible] जाताः सुनक्षत्रे सुतिथौ सुमुहूर्तजाः।
यज्ञदानप्रजेहायां यतन्ते शक्तिपूर्वकम् ॥ ४५ ॥

'जो उत्तम नक्षत्र, उत्तम तिथि और उत्तम मुहूर्तमें पैदा हुए हैं, वे अपनी शक्तिके अनुसार यज्ञ एव दान करते और न्यायानुकूल संतानोत्पादनकी चेष्टा भी करते हैं ॥ ४५ ॥

नक्षत्रेष्वासुरेष्वन्ये दुस्तिथौ दुर्मुहूर्तजाः।
सम्पतन्त्यासुरीं योनिं यज्ञप्रसववर्जिताः ॥ ४६ ॥

'दूसरे जो लोग आसुर नक्षत्र, दूषित तिथि तथा अशुभ मुहूर्तमें उत्पन्न होते हैं, वे यज्ञ तथा संतानसे रहित होकर आसुरी योनिमें पड़ते हैं ॥ ४६ ॥

अहमासं पण्डितको हैतुको वेदनिन्दकः।
आन्वीक्षिकीं तर्कविद्यामनुरक्तो निरर्थिकाम् ॥ ४७ ॥

'पूर्वजन्ममें मैं एक पण्डित था और कुतर्कका आश्रय लेकर वेदोंकी निन्दा करता था। प्रत्यक्षके आधारपर अनुमानको प्रधानता देनेवाली थोथी तर्कविद्यापर ही उस समय मेरा अधिक अनुराग था ॥ ४७ ॥

हेतुवादान् प्रवदिता वक्ता संसत्सु हेतुमत्।
आक्रोष्टा चाभिवक्ता च ब्रह्मवाक्येषु च द्विजान् ४८

'मैं सभाओंमें जाकर तर्क और युक्तिकी बातें ही अधिक बोलता। जहाँ दूसरे ब्राह्मण श्रद्धापूर्वक वेदवाक्योंपर विचार करते, वहाँ मैं बलपूर्वक आक्रमण करके उन्हें खरी-खोटी [illegible] देता और स्वयं ही अपना तर्कवाद [illegible] करता था ॥ ४८ ॥

नास्तिकः सर्वशङ्की च मूर्खः पण्डितमानिकः।
तस्येयं फलनिर्वृत्तिः शृगालत्वं मम द्विज ॥ ४९ ॥

'मैं नास्तिक, सबपर संदेह करनेवाला तथा मूर्ख होकर भी अपनेको पण्डित माननेवाला था। विप्रवर ! यह शृगालयोनि मेरे उसी कुकर्मका [illegible] है ॥ ४९ ॥

अपि जातु [illegible] तस्मादहोरात्रशतैरपि।
यदहं मानुषीं योनिं शृगालः प्राप्नुयां पुनः ॥ ५० ॥

अब मैं सैकड़ों दिन-रातोंतक साधन करके भी क्या कभी वह उपाय कर सकता हूँ, जिससे आज सियारकी योनिमें पड़ा हुआ मैं पुनः वह मनुष्ययोनि पा सकूँ ॥ ५० ॥

संतुष्टश्चाप्रमत्तश्च यज्ञदानतपोरतिः।
ज्ञेयज्ञाता भवेयं वै वर्ज्यवर्जयिता तथा ॥ ५१ ॥

'जिस मनुष्ययोनिमें मैं संतुष्ट और सावधान रहकर यज्ञ, दान और तपस्यामें लगा रह सकूँ, जिसमें मैं जाननेयोग्य वस्तुको जान लूँ और त्यागनेयोग्य वस्तुका त्याग कर दूँ' ॥ ५१ ॥

[illegible] स मुनिरुत्थाय काश्यपस्तमुवाच ह।
अहो बतासि कुशलो बुद्धिमांश्चेति विस्मितः ॥ ५२ ॥

यह सुनकर काश्यप मुनि आश्चर्यसे चकित होकर खड़े हो गये और बोले—'अहो ! तुम तो बड़े कुशल और बुद्धिमान् हो' ॥ ५२ ॥

समवैक्षत तं विप्रो ज्ञानदीर्घेण चक्षुषा।
ददर्श चैनं देवानां देवमिन्द्रं शचीपतिम् ॥ ५३ ॥

ऐसा कहकर ब्रह्मर्षिने उसकी ओर ज्ञानदृष्टिसे देखा। तब उसके रूपमें इन्हें देवदेव शचीपति इन्द्र दिखायी दिये ॥ ५३ ॥

ततः सम्पूजयामास काश्यपो हरिवाहनम्।
अनुज्ञातस्तु तेनाथ प्रविवेश स्वमालयम् ॥ ५४ ॥

तदनन्तर काश्यपने इन्द्रदेवका पूजन किया और उनकी [illegible] लेकर वे पुनः अपने घरको लौट गये ॥ ५४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शृगालकाश्यपसंवादे अशीत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १८० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें गीदड़ और काश्यपका संवादविषयक एक सौ अस्सीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १८० ॥

एकाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः

शुभाशुभ कर्मोंका परिणाम कर्ताको [illegible] भोगना पड़ता है, इसका प्रतिपादन

युधिष्ठिर उवाच

यद्यस्ति दत्तमिष्टं [illegible] तपस्तप्तं तथैव च।
गुरूणां वापि शुश्रूषा तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! यदि दान, यज्ञ, तप अथवा गुरुशुश्रूषा पुण्यकर्म है और उसका कुछ फल होता है तो वह मुझे बताइये ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

आत्मनानर्थयुक्तेन पापे निविशते मनः।
स्वकर्मकलुषं [illegible] कृच्छ्रे लोके विधीयते ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! काम, क्रोध आदि दोषोंसे युक्त बुद्धिकी प्रेरणासे मन पापकर्ममें प्र[illegible]त्त होता है। इस प्रकार मनुष्य अपने ही कार्योंद्वारा पाप करके दुःखमय लोक

(नरक) में गिराया जाता है ॥ २ ॥

दुर्भिक्षादेव दुर्भिक्षं क्लेशात् क्लेशं भयाद् भयम्।
मृतेभ्यः प्रमृतं यान्ति दरिद्राः पापकारिणः ॥ ३ ॥

पापाचारी दरिद्र मनुष्य दुर्भिक्षसे दुर्भिक्ष, क्लेशसे क्लेश और भयसे भय पाते हुए मरे हुओंसे भी अधिक मृतकतुल्य हो जाते हैं ॥ ३ ॥

उत्सवादुत्सवं यान्ति स्वर्गात् स्वर्गं सुखात् सुखम्।
श्रद्दधानाश्च दान्ताश्च धनाढ्याः शुभकारिणः ॥ ४ ॥

जो श्रद्धालु, जितेन्द्रिय, धनसम्पन्न तथा शुभकर्मपरायण होते हैं, वे उत्सवसे अधिक उत्सवको, स्वर्गसे अधिक स्वर्गको तथा सुखसे अधिक सुखको प्राप्त करते हैं ॥ ४ ॥

व्यालकुञ्जरदुर्गेषु सर्पचोरभयेषु च।
हस्तावापेन गच्छन्ति नास्तिकाः किमतः परम् ॥ ५ ॥

नास्तिक मनुष्योंके हाथमें हथकड़ी डालकर राजा उन्हें राज्यसे दूर निकाल देता है और वे उन जङ्गलोंमें चले जाते हैं, जो मतवाले हाथियोंके कारण दुर्गम तथा सर्प और चोर आदिके भयसे भरे हुए होते हैं। इससे बढ़कर उन्हें और क्या दण्ड मिल सकता है? ॥ ५ ॥

प्रियदेवातिथेयाश्च वदान्याः प्रियसाधवः।
क्षेम्यमात्मवतां मार्गमास्थिता हस्तदक्षिणम् ॥ ६ ॥

जिन्हें देवपूजा और अतिथि-सत्कार प्रिय है, जो उदार हैं [illegible] श्रेष्ठ पुरुष जिन्हें अच्छे लगते हैं, वे पुण्यात्मा मनुष्य अपने दाहिने हाथके समान मङ्गलकारी एवं मनको वशमें रखनेवाले योगियोंको ही प्राप्त होनेयोग्य मार्गपर आरूढ़ होते हैं ॥ ६ ॥

पुलाका इव धान्येषु पुत्तिका इव पक्षिषु।
तद्विधास्ते मनुष्याणां येषां धर्मो न कारणम् ॥ ७ ॥

जिनका उद्देश्य धर्म नहीं है, ऐसे मनुष्य मानवसमाजके भीतर वैसे ही समझे जाते हैं, जैसे धानमें थोथा पौधा और पङ्खवाले जीवोंमें मच्छर ॥ ७ ॥

सुशीघ्रमपि धावन्तं विधानमनुधावति।
शेते सह शयानेन येन येन यथा कृतम् ॥ ८ ॥
उपतिष्ठति तिष्ठन्तं गच्छन्तमनुगच्छति।
करोति कुर्वतः कर्म च्छायेवानुविधीयते ॥ ९ ॥

जिस-जिस मनुष्यने जैसा कर्म किया है, वह उसके पीछे लगा रहता है। यदि कर्ता पुरुष शीघ्रतापूर्वक दौड़ता है तो वह भी उतनी ही तेजीके साथ उसके पीछे जाता है। जब वह सोता है तो उसका कर्मफल भी उसके साथ ही सो जाता है। जब [illegible] खड़ा होता है तो वह भी पास ही खड़ा रहता है और जब मनुष्य चलता है तो उसके पीछे-पीछे वह भी चलने लगता है। इतना ही नहीं, कोई कार्य करते समय भी कर्म-संस्कार उसका साथ नहीं छोड़ता। सदा छायाके समान पीछे लगा रहता है ॥ ८-९ ॥

येन येन यथा यद् यत् पुरा कर्म समीहितम्।
तत्तदेकतरो भुङ्क्ते नित्यं विहितमात्मना ॥ १० ॥

जिस-जिस मनुष्यने अपने अपने पूर्वजन्मोंमें जैसे जैसे कर्म किये हैं, वह अपने ही किये हुए उन कर्मोंका फल सदा अकेला ही भोगता है ॥ १० ॥

स्वकर्मफलनिक्षेपं विधानपरिरक्षितम्।
भूतग्राममिमं कालः समन्तात् परिकर्षति ॥ ११ ॥

अपने-अपने कर्मका फल एक धरोहरके समान है, जो कर्मजनित अदृष्टके द्वारा सुरक्षित रहता है। उपयुक्त अवसर आनेपर यह काल इस कर्मफलको प्राणिसमुदायके पास खींच लाता है ॥ ११ ॥

अचोद्यमानानि यथा पुष्पाणि च फलानि च।
स्वं कालं नातिवर्तन्ते तथा कर्म पुरा कृतम् ॥ १२ ॥

जैसे फूल और फल किसीकी प्रेरणाके बिना ही अपने समयपर वृक्षोंमें लग जाते हैं, उसी प्रकार पहलेके किये हुए कर्म भी अपने फलभोगके समयका उल्लङ्घन नहीं करते ॥

सम्मानश्चावमानश्च लाभालाभौ क्षयोदयौ।
प्रवृत्ता विनिवर्तन्ते विधानान्ते पुनः पुनः ॥ १३ ॥

सम्मान-अपमान, लाभ-हानि तथा उन्नति अवनति—ये पूर्वजन्मके कर्मोंके अनुसार बार-बार प्राप्त होते हैं और प्रारब्धभोगके पश्चात् निवृत्त हो जाते हैं ॥ १३ ॥

आत्मना विहितं दुःखमात्मना विहितं सुखम्।
गर्भशय्यामुपादाय भुज्यते पौर्वदेहिकम् ॥ १४ ॥

दुःख अपने ही किये हुए कर्मोंका फल है और सुख भी अपने ही पूर्वकृत कर्मोंका परिणाम है। जीव माताकी गर्भशय्यामें आते ही पूर्वशरीरद्वारा उपार्जित सुख-दुःखका उपभोग करने लगता है ॥ १४ ॥

बालो युवा च वृद्धश्च यत् करोति शुभाशुभम्।
तस्यां तस्यामवस्थायां तत् फलं प्रतिपद्यते ॥ १५ ॥

कोई [illegible] हो, तरुण हो [illegible] बूढ़ा हो, वह जो भी शुभाशुभ कर्म करता है, दूसरे जन्ममें उसी-उसी अवस्थामें उस-उस कर्मका फल उसे प्राप्त होता है ॥ १५ ॥

यथा धेनुसहस्रेषु वत्सो विन्दति मातरम्।
[illegible] पूर्वकृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति ॥ १६ ॥

जैसे बछड़ा हजारों गौओंमेंसे अपनी माँको पहचानकर उसे पा लेता है, वैसे ही पहलेका किया हुआ कर्म भी अपने कर्ताके पास पहुँच जाता है ॥ १६ ॥

समुन्नमग्रतो वस्त्रं पश्चाच्छुध्यति कर्मणा।
उपवासैः प्रतप्तानां दीर्घं सुखमनन्तकम् ॥ १७ ॥

जैसे पहलेसे क्षार आदिमें भिगोया हुआ कपड़ा पीछे धोनेसे [illegible] हो जाता है, उसी प्रकार जो उपवासपूर्वक तपस्या करते हैं, उन्हें कभी समाप्त न होनेवाला महान् सुख मिलता है ॥ [illegible] ॥

दीर्घकालेन तपसा सेवितेन तपोवने।
धर्मनिर्धूतपापानां सम्पद्यन्ते मनोरथाः ॥ १८ ॥

महर्षि भृगुके साथ भरद्वाज मुनिका प्रश्नोत्तर

तपोवनमें रहकर की हुई दीर्घकालतककी तपस्यासे ■■ धर्मसे जिनके सारे पाप धुल गये हैं, उनके सम्पूर्ण मनोरथ ■■ हो जाते हैं ॥ १८ ॥

शकुनानामिवाकाशे मत्स्यानामिव चोदके।
पदं यथा न दृश्येत तथा ज्ञानविदां गतिः ॥ १९ ॥

जैसे आकाशमें पक्षियोंके और जलमें मछलियोंके चरण-चिह्न दिखायी नहीं देते, उसी प्रकार ज्ञानियोंकी गतिका पता नहीं चलता ॥ १९ ॥

अलमन्यैरुपालम्भैः कीर्तितैश्च व्यतिक्रमैः।
पेशलं चानुरूपं च कर्तव्यं हितमात्मनः ॥ २० ॥

दूसरोंको उलाहने देने तथा लोगोंके अन्यान्य अपराधोंकी चर्चा करनेसे कोई प्रयोजन नहीं है। जो काम सुन्दर, अनुकूल और अपने लिये हितकर जान पड़े, वही कर्म करना चाहिये ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि एकाशीत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १८१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें ■ सौ इक्यासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १८१ ॥

द्व्यशीत्यधिकशततमोऽध्यायः

भरद्वाज और भृगुके संवादमें जगत्‌की उत्पत्तिका और विभिन्न तत्त्वोंका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

कुतः सृष्टमिदं विश्वं जगत् स्थावरजङ्गमम्।
प्रलये च कमभ्येति तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! इस सम्पूर्ण स्थावर-जंगम जगत्‌की उत्पत्ति कहाँसे हुई है? प्रलयकालमें यह किसमें लीन होता है? यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

ससागरः सगगनः सशैलः सबलाहकः।
सभूमिः साग्निपवनो लोकोऽयं केन निर्मितः ॥ २ ॥

समुद्र, आकाश, पर्वत, मेघ, भूमि, अग्नि और वायु-सहित इस संसारका किसने निर्माण किया है? ॥ २ ॥

कथं सृष्टानि भूतानि कथं वर्णविभक्तयः।
शौचाशौचं कथं तेषां धर्माधर्मविधिः कथम् ॥ ३ ॥

प्राणियोंकी सृष्टि किस प्रकार हुई? वर्णोंका विभाग किस तरह किया गया? उनमें शौच और अशौचकी व्यवस्था कैसे हुई? तथा धर्म और अधर्मका विधान किस प्रकार किया गया? ॥ ३ ॥

कीदृशो जीवतां जीवः क्व वा गच्छन्ति ये मृताः।
अस्माल्लोकादमुं लोकं सर्वं शंसतु नो भवान् ॥ ४ ॥

जीवित प्राणियोंका जीवात्मा कैसा है? जो मर गये, वे कहाँ चले जाते हैं? इस लोकसे उस लोकमें आनेका क्रम क्या है? ये सब बातें आप हमें बतावें ॥ ४ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
भृगुणाभिहितं शास्त्रं भरद्वाजाय पृच्छते ॥ ५ ॥

भीष्मजी बोले—राजन्! विज्ञ पुरुष इस विषयमें एक प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, जिसमें भरद्वाजके प्रश्न करनेपर भृगुके उपदेशका उल्लेख हुआ है ॥ ५ ॥

कैलासशिखरे दृष्ट्वा दीप्यमानं महौजसम्।
भृगुं महर्षिमासीनं भरद्वाजोऽन्वपृच्छत ॥ ६ ॥

कैलास पर्वतके शिखरपर अपने तेजसे देदीप्यमान होते हुए महातेजस्वी महर्षि भृगुको बैठा देख भरद्वाज मुनिने पूछा—॥ ६ ॥

ससागरः सगगनः सशैलः सबलाहकः।
सभूमिः साग्निपवनो लोकोऽयं केन निर्मितः ॥ ■ ॥

'समुद्र, आकाश, पर्वत, मेघ, भूमि, अग्नि और वायु-सहित इस संसारका किसने निर्माण किया है? ॥ ७ ॥

कथं सृष्टानि भूतानि कथं वर्णविभक्तयः।
शौचाशौचं कथं तेषां धर्माधर्मविधिः कथम् ॥ ८ ॥

'प्राणियोंकी सृष्टि किस प्रकार हुई? वर्णोंका विभाग किस तरह किया गया? उनमें शौच और अशौचकी व्यवस्था कैसे हुई? तथा धर्म और अधर्मका विधान किस प्रकार किया ■■? ॥ ८ ॥

कीदृशो जीवतां जीवः ■ वा गच्छन्ति ये मृताः।
परलोकमिमं चापि सर्वं शंसितुमर्हसि ॥ ९ ॥

'जीवित प्राणियोंका जीवात्मा कैसा है? जो मर गये, वे कहाँ चले जाते हैं? तथा यह लोक और परलोक कैसा है? यह सब मुझे बतानेकी कृपा करें' ॥ ९ ॥

एवं स भगवान् पृष्टो भरद्वाजेन संशयम्।
ब्रह्मर्षिर्ब्रह्मसंकाशः सर्वं तस्मै ततोऽब्रवीत् ॥ १० ॥

भरद्वाज मुनिके इस प्रकार अपना संशय पूछनेपर ब्रह्माजीके समान तेजस्वी ब्रह्मर्षि भगवान् भृगुने उन्हें सब कुछ बताया ॥ १० ॥

भृगुरुवाच

(नारायणो जगन्मूर्तिरन्तरात्मा सनातनः।
कूटस्थोऽक्षर अव्यक्तो निर्लेपो व्यापकः प्रभुः ॥
प्रकृतेः परतो नित्यमिन्द्रियैरप्यगोचरः।
स सिसृक्षुः सहस्रांशादसृजत् पुरुषं प्रभुः।)
मानसो नाम विख्यातः श्रुतपूर्वो महर्षिभिः।
अनादिनिधनो देवस्तथाभेद्योऽजरामरः ॥ ११ ॥

■■ बोले—ब्रह्मन्! भगवान् नारायण सम्पूर्ण जगत्-■■ हैं। वे ही सबके अन्तरात्मा और सनातन पुरुष हैं। वे

ही कूटस्थ, अविनाशी, अव्यक्त, निर्लेप, सर्वव्यापी, प्रभु, प्रकृतिसे परे और इन्द्रियातीत हैं। उन भगवान् नारायणके हृदयमें जब सृष्टिविषयक संकल्पका उदय हुआ तो उन्होंने अपने हजारवें अंशसे एक पुरुषको उत्पन्न किया, महर्षियोंने सर्वप्रथम जिसको इसी नामसे सुना था, जो मानसपुरुषके नामसे प्रसिद्ध है। पूर्वकालमें उत्पन्न वह मानसदेव अनादि, अनन्त, अभेद्य, अजर और अमर है ॥ ११ ॥

अव्यक्त इति विख्यातः शाश्वतोऽथाक्षयोऽव्ययः ।
यतः सृष्टानि भूतानि जायन्ते च म्रियन्ति च ॥ १२ ॥

उन्हींकी अव्यक्त नामसे प्रसिद्धि है। वही शाश्वत, अक्षय और अविनाशी है। उनसे उत्पन्न सब प्राणी जन्मते और मरते रहते हैं ॥ १२ ॥

सोऽसृजत् प्रथमं देवो महान्तं नाम नामतः ।
महान् ससर्जाहंकारं स चापि भगवानथ ॥ १३ ॥

उस स्वयम्भू देवने पहले महत्तत्त्व (समष्टि बुद्धि) की रचना की। फिर उस महत्तत्त्वस्वरूप भगवान्ने अहङ्कार (समष्टि अहङ्कार) की सृष्टि की ॥ १३ ॥

आकाशमिति विख्यातं सर्वभूतधरः प्रभुः ।
आकाशादभवद् वारि सलिलादग्निमारुतौ ।
अग्निमारुतसंयोगात् ततः समभवन्मही ॥ १४ ॥

सम्पूर्ण भूतोंको धारण करनेवाले अहङ्कारस्वरूप भगवान्ने शब्दतन्मात्रा रूप आकाशको उत्पन्न किया। आकाशसे [illegible] और जलसे अग्नि एवं वायुकी उत्पत्ति हुई। अग्नि और वायुके संयोगसे इस पृथ्वीका प्रादुर्भाव हुआ* ॥ १४ ॥

ततस्तेजोमयं दिव्यं पद्मं सृष्टं स्वयम्भुवा ।
तस्मात् पद्मात् समभवद् ब्रह्मा वेदमयो निधिः ॥ १५ ॥

उसके बाद उस स्वयम्भू मानसदेवने पहले एक तेजोमय दिव्य कमल उत्पन्न किया। उसी कमलसे वेदमय निधिरूप ब्रह्माजी प्रकट हुए ॥ १५ ॥

अहंकार इति ख्यातः सर्वभूतात्मभूतकृत् ।
[illegible] वै स महातेजा [illegible] एते [illegible] धातवः ॥ १६ ॥

वे अहङ्कार नामसे भी विख्यात हैं और समस्त भूतोंके आत्मा तथा उन भूतोंकी सृष्टि करनेवाले हैं। ये जो पाँच महाभूत हैं, इनके रूपमें महातेजस्वी ब्रह्मा ही प्रकट हुए हैं ॥ १६ ॥

शैलास्तस्यास्थिसंज्ञास्तु मेदो मांसं च मेदिनी ।
समुद्रास्तस्य रुधिरमाकाशमुदरं तथा ॥ १७ ॥

पर्वत उनकी हड्डियाँ हैं, पृथ्वी उनका मेद और मांस है। समुद्र उनका रुधिर है और आकाश उदर है ॥ १७ ॥

पवनश्चैव निःश्वासस्तेजोऽग्निर्निम्नगाः सिराः ।
अग्नीषोमौ तु चन्द्रार्कौ नयने [illegible] विश्रुते ॥ १८ ॥

वायु निःश्वास है, अग्नि तेज है, नदियाँ नाड़ियाँ हैं, सूर्य और चन्द्रमा जिन्हें अग्नि और सोम भी कहते हैं, ब्रह्माजीके नेत्रोंके रूपमें प्रसिद्ध हैं ॥ १८ ॥

नभश्चोर्ध्वं शिरस्तस्य क्षितिः पादौ भुजौ दिशः ।
दुर्विज्ञेयो ह्यचिन्त्यात्मा सिद्धैरपि न संशयः ॥ १९ ॥

आकाशका ऊपरी भाग उनका सिर है, पृथ्वी पैर है और दिशाएँ भुजाएँ हैं। वे अचिन्त्यस्वरूप ब्रह्मा सिद्ध पुरुषोंके लिये भी दुर्विज्ञेय हैं, इसमें संशय नहीं है ॥ १९ ॥

स एष भगवान् विष्णुरनन्त इति विश्रुतः ।
सर्वभूतात्मभूतस्थो दुर्विज्ञेयोऽकृतात्मभिः ॥ २० ॥

वह स्वयम्भू ही भगवान् विष्णु हैं, जो अनन्त नामसे प्रसिद्ध हैं, वे ही सम्पूर्ण भूतोंके अन्तःकरणमें अन्तर्यामी आत्माके रूपमें विद्यमान हैं। जिनका हृदय शुद्ध नहीं है, उनके लिये इनके स्वरूपको ठीक-ठीक जानना बहुत कठिन है ॥ २० ॥

अहंकारस्य [illegible] सर्वभूतभवाय वै ।
यतः समभवद् विश्वं पृष्टोऽहं यदिह त्वया ॥ २१ ॥

वे ही सम्पूर्ण भूतोंकी उत्पत्तिके लिये प्राकृत अहङ्कारकी सृष्टि करनेवाले हैं। तुमने मुझसे जो पूछा था कि इस विश्वकी उत्पत्ति किससे हुई है, वह सब मैंने तुम्हें बता दिया ॥ २१ ॥

भरद्वाज उवाच

[illegible] दिशां चैव भूतलस्यानिलस्य वा ।
[illegible] परिमाणानि संशयं छिन्धि [illegible] ॥ २२ ॥

भरद्वाजने पूछा—प्रभो! आकाश, दिशा, पृथ्वी और वायुका कितना-कितना परिमाण है? यह ठीक ठीक बताकर मेरा संशय दूर कीजिये ॥ २२ ॥

भृगुरुवाच

अनन्तमेतदाकाशं सिद्धदैवतसेवितम् ।
रम्यं नानाश्रयाकीर्णं यस्यान्तो नाधिगम्यते ॥ २३ ॥

भृगुजीने कहा—मुने! यह आकाश तो अनन्त है, इसमें अनेकानेक सिद्ध और देवता निवास करते हैं। इसमें उनके भिन्न-भिन्न लोक भी स्थित हैं। यह बड़ा ही रमणीय है और इतना महान् है कि कहीं इसका अन्त नहीं मिलता ॥ २३ ॥

ऊर्ध्वं गतेरधस्तात्तु चन्द्रादित्यौ न दृश्यतः ।
[illegible] देवाः स्वयं दीप्ता भास्कराभाग्निवर्चसः ॥ २४ ॥

ऊपर तथा नीचे जानेसे जहाँ सूर्य और चन्द्रमा नहीं दिखायी देते, वहाँ सूर्य और अग्निके समान तेजस्वी देवता स्वयं अपने प्रकाशसे ही प्रकाशित होते हैं ॥ २४ ॥

ते चाप्यन्तं न पश्यन्ति नभसः प्रथितौजसः ।
दुर्गमत्वादनन्तत्वादिति मे विद्धि मानद ॥ २५ ॥

मानद! परंतु वे तेजस्वी नक्षत्रस्वरूप देवता भी इस आकाशका अन्त नहीं देख पाते; क्योंकि यह दुर्गम और अनन्त है, यह बात तुम्हें मेरे मुखसे सुनकर अच्छी तरह [illegible] लेनी चाहिये ॥ २५ ॥

* यहाँ जो सृष्टिका क्रम बताया गया है, वह श्रुतिसम्मत क्रमसे भिन्न है। श्रुतिने आकाशसे वायु, वायुसे अग्नि, अग्निसे जल और जलसे पृथ्वीकी उत्पत्तिका क्रम [illegible] है।

उपरिष्टोपरिष्टात्तु प्रज्वलद्भिः स्वयंप्रभैः ।
निरुद्धमेतदाकाशमप्रमेयं सुरैरपि ॥ २६ ॥

ऊपर-ऊपर प्रकाशित होनेवाले स्वयप्रकाश देवताओंसे यह अप्रमेय आकाश भी भरा हुआ-सा प्रतीत होता है ॥२६॥

पृथिव्यन्ते समुद्रास्तु समुद्रान्ते तमः स्मृतम्।
तमसोऽन्ते जलं प्राहुर्जलस्यान्तेऽग्निरेव च ॥ २७ ॥

पृथ्वीके अन्तमें समुद्र हैं । समुद्रके अन्तमें घोर अन्धकार है । अन्धकारके अन्तमें जल है और जलके अन्तमें अग्निकी स्थिति बतायी गयी है ॥ २७ ॥

रसातलान्ते सलिलं जलान्ते पन्नगाधिपः ।
तदन्ते पुनराकाशमाकाशान्ते पुनर्जलम् ॥ २८ ॥

रसातलके अन्तमें जल है । जलके अन्तमें नागराज शेष हैं । उनके अन्तमें पुनः आकाश और आकाशके ही अन्त-भागमें पुनः [illegible] है ॥ २८ ॥

एवमन्तं भगवतः प्रमाणं सलिलस्य च ।
अग्निमारुततोयेभ्यो दुर्ज्ञेयं दैवतैरपि ॥ २९ ॥

इस प्रकार भगवान्का, आकाशका, जलका तथा अग्नि और वायुका भी अन्त और परिमाण जानना देवताओंके लिये भी अत्यन्त कठिन है ॥ २९ ॥

अग्निमारुततोयानां वर्णाः क्षितितलस्य च ।
आकाशादवगृह्यन्ते भिद्यन्तेऽतत्त्वदर्शनात् ॥ ३० ॥

अग्नि, वायु, जल और पृथ्वी— इनके रंग-रूप आकाशसे ही ग्रहीत होते हैं; अतः उससे भिन्न नहीं हैं । तत्त्वज्ञान [illegible] होनेसे ही उनमें भेदकी प्रतीति होती है ॥ ३० ॥

पठन्ति चैव मुनयः शास्त्रेषु विविधेषु च ।
त्रैलोक्ये सागरे चैव प्रमाणं विहितं यथा ॥ ३१ ॥
अदृश्याय त्वगम्याय कः प्रमाणमुदाहरेत् ।
सिद्धानां देवतानां च यदा परिमिता गतिः ॥ ३२ ॥

ऋषियोंने विविध शास्त्रोंमें तीनों लोकों और समुद्रोंके विषयमें तो कुछ निश्चित प्रमाण बताया भी है; परंतु जो दृष्टिसे परे हैं और जहाँतक इन्द्रियोंकी पहुँच नहीं है, [illegible] परमात्माका परिमाण कोई कैसे बतायेगा ? आखिर इन सिद्धों और देवताओंका ज्ञान भी तो परिमित ही है ॥ ३१-३२ ॥

तदा गौणमनन्तस्य नामानन्तेति विश्रुतम् ।
नामधेयानुरूपस्य मानसस्य महात्मनः ॥ ३३ ॥

अतः परमात्मा मानसदेव अपने नामके अनुरूप ही अनन्त हैं । उनका सुप्रसिद्ध अनन्त नाम उनके गुणके अनुसार ही है ॥ ३३ ॥

यदा [illegible] दिव्यं तद् रूपं ह्रसते वर्धते पुनः ।
कोऽन्यस्तद्वेदितुं शक्तो योऽपि स्यात् तद्विधोऽपरः॥३४॥

जब उन परमात्माका वह दिव्यरूप उनकी मायासे कभी बहुत छोटा हो जाता है और कभी बहुत बढ़ जाता है, तब कोई उनसे भिन्न दूसरा उन्हींके समान प्रतिभाशाली कौन है, जो कि उस स्वरूपका यथार्थ परिमाण जान सके अर्थात् ऐसा कोई नहीं है ॥ ३४ ॥

[illegible] पुष्करतः सृष्टः सर्वज्ञो मूर्तिमान् प्रभुः ।
[illegible] धर्ममयः पूर्वः प्रजापतिरनुत्तमः ॥ ३५ ॥

तदनन्तर पूर्वोक्त कमलसे सर्वज्ञ, मूर्तिमान्, प्रभावशाली, परम उत्तम तथा प्रथम प्रजापति धर्ममय ब्रह्माका प्रादुर्भाव हुआ ॥ ३५ ॥

भरद्वाज उवाच

पुष्करात् यदि सम्भूतो ज्येष्ठं भवति पुष्करम्।
ब्रह्माणं पूर्वजं चाह भवान् संदेह एव मे ॥ ३६ ॥

भरद्वाजने पूछा—प्रभो ! यदि ब्रह्माजी कमलसे [illegible] हुए तब तो [illegible] ही ज्येष्ठ प्रतीत होता है; परंतु आपने ब्रह्माजीको पूर्वज बताया है; अतः यह संदेह मेरे मनमें बना ही रह गया ॥ ३६ ॥

भृगुरुवाच

मानसस्येह या मूर्तिर्ब्रह्मत्वं समुपागता ।
तस्यासनविधानार्थं पृथिवी पद्ममुच्यते ॥ ३७ ॥

भृगुने कहा—मुने ! मानसदेवका जो स्वरूप बताया गया है, वही ब्रह्मरूपमें प्रकट है । उन्हीं ब्रह्माजीके आसनके लिये इस पृथ्वीको ही पद्म ([illegible]) कहते हैं ॥ ३७ ॥

कर्णिका तस्य पद्मस्य मेरुर्गगनमुच्छ्रितः ।
तस्य मध्ये स्थितो लोकान् सृजते जगतः प्रभुः॥३८॥

इस कमलकी कर्णिका मेरुपर्वत है, जो आकाशमें बहुत ऊँचेतक गया है । उसी पर्वतके मध्यभागमें स्थित होकर जगदीश्वर ब्रह्मा सम्पूर्ण लोकोंकी सृष्टि करते हैं ॥ ३८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि भृगुभरद्वाजसंवादे द्व्यशीत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १८२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें भृगु और भरद्वाजका संवादविषयक एक सौ बयासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥१८२॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठके २ श्लोक मिलाकर [illegible] ४० श्लोक हैं)

त्र्यशीत्यधिकशततमोऽध्यायः

आकाशसे अन्य चार स्थूल भूतोंकी उत्पत्तिका वर्णन

भरद्वाज उवाच

प्रजाविसर्गं विविधं कथं स सृजते प्रभुः ।
मेरुमध्ये स्थितो ब्रह्मा तद् ब्रूहि द्विजसत्तम ॥ १ ॥

भरद्वाजने पूछा—द्विजश्रेष्ठ ! मेरुपर्वतके मध्यभागमें स्थित होकर ब्रह्माजी नाना प्रकारकी प्रजासृष्टि कैसे करते हैं, यह मुझे बताइये ? ॥ १ ॥

भृगुरुवाच

प्रजाविसर्गं विविधं मानसो मनसासृजत् ।

संरक्षणार्थं भूतानां सृष्टं प्रथमतो जलम् ॥ २ ॥

भृगुने कहा—उन मानसदेवने अपने मानसिक संकल्पसे ही नाना प्रकारकी प्रजासृष्टि की है। उन्होंने प्राणियोंकी रक्षाके लिये सबसे पहले जलकी सृष्टि की ॥ २ ॥

यत् प्राणः सर्वभूतानां वर्धन्ते येन च प्रजाः।
परित्यक्ताश्च नश्यन्ति तेनेदं सर्वमावृतम् ॥ ३ ॥

वह जल समस्त प्राणियोंका जीवन है। उसीसे प्रजाकी वृद्धि होती है। जलके न मिलनेसे प्राणी नष्ट हो जाते हैं। उसीने इस सम्पूर्ण जगत्को व्याप्त कर रक्खा है ॥ ३ ॥

पृथिवी पर्वता मेघा मूर्तिमन्तश्च ये परे।
सर्वं तद् वारुणं ज्ञेयमापस्तस्तम्भिरे यतः ॥ ४ ॥

पृथ्वी, पर्वत, मेघ तथा अन्य जो मूर्तिमान् वस्तुएँ हैं, उन सबको जलमय समझना चाहिये; क्योंकि जलने ही उन सबको स्थिर कर रक्खा है ॥ ४ ॥

भरद्वाज उवाच

कथं सलिलमुत्पन्नं कथं चैवाग्निमारुतौ।
कथं वा मेदिनी सृष्टेत्यत्र मे संशयो महान् ॥ ५ ॥

भरद्वाजने पूछा—भगवन्! जलकी उत्पत्ति कैसे हुई? अग्नि और वायुकी सृष्टि किस प्रकार हुई तथा पृथ्वीकी भी रचना कैसे की गयी, इस विषयमें मुझे महान् संदेह है ॥ ५ ॥

भृगुरुवाच

ब्रह्मकल्पे पुरा ब्रह्मन् ब्रह्मर्षीणां समागमे।
लोकसम्भवसंदेहः समुत्पन्नो महात्मनाम् ॥ ६ ॥

भृगुने कहा—ब्रह्मन्! पूर्वकालमें जब ब्रह्मकल्प चल रहा था, उस समय ब्रह्मर्षियोंका परस्पर समागम हुआ। उन महात्माओंकी [illegible] सभामें लोकसृष्टिविषयक संदेह उपस्थित हुआ ॥ ६ ॥

तेऽतिष्ठन् ध्यानमालम्ब्य मौनमास्थाय निश्चलाः।
त्यक्ताहाराः पवनपा दिव्यं वर्षशतं द्विजाः ॥ ७ ॥

वे ब्रह्मर्षि भोजन छोड़कर वायु पीकर रहते हुए सौ दिव्य वर्षोंतक ध्यान लगाकर मौनका आश्रय ले निश्चलभावसे बैठे रह गये ॥ ७ ॥

तेषां ब्रह्ममयी वाणी सर्वेषां श्रोत्रमागमत्।
दिव्या सरस्वती [illegible] सम्बभूव नभस्तलात् ॥ ८ ॥

[illegible] ध्यानावस्थामें उन सबके कानोंमें ब्रह्ममयी वाणी सुनायी पड़ी। उस [illegible] वहाँ आकाशसे दिव्य सरस्वती प्रकट हुई थी ॥ ८ ॥

पुरा स्तिमितमाकाशमनन्तमचलोपमम्।
नष्टचन्द्रार्कपवनं प्रसुप्तमिव सम्बभौ ॥ ९ ॥

वह आकाशवाणी इस प्रकार है—'पूर्वकालमें अनन्त आकाश पर्वतके समान निश्चल था। उसमें चन्द्रमा, सूर्य अथवा वायु किसीके दर्शन नहीं होते थे। वह सोया हुआ-सा जान पड़ता था ॥ ९ ॥

[illegible] सलिलमुत्पन्नं तमसीवापरं तमः।
तस्माच्च सलिलोत्पीडादुदतिष्ठत मारुतः ॥ १० ॥

'तदनन्तर आकाशसे जलकी उत्पत्ति हुई; मानो अन्धकारमें ही दूसरा अन्धकार प्रकट हुआ हो। उस जलप्रवाहसे वायुका उत्थान हुआ ॥ १० ॥

यथा भाजनमच्छिद्रं निःशब्दमिव लक्ष्यते।
तच्चाम्भसा पूर्यमाणं सशब्दं कुरुतेऽनिलः ॥ ११ ॥

'जैसे कोई छिद्ररहित पात्र निःशब्द-सा लक्षित होता है; परंतु जब उसमें छिद्र करके जल भरा जाता है, तब वायु उसमें आवाज [illegible] कर देती है ॥ ११ ॥

[illegible] सलिलसंरुद्धे नभसोऽन्ते निरन्तरे।
भित्त्वार्णवतलं वायुः समुत्पतति घोषवान् ॥ १२ ॥

'इसी प्रकार जलसे आकाशका सारा प्रान्त ऐसा अवरुद्ध हो गया था कि उसमें कहीं थोड़ा-सा भी अवकाश नहीं [illegible]। [illegible] उस एकार्णवके तलप्रदेशका भेदन करके वहीं भारी आवाजके [illegible] वायुका प्राकट्य हुआ ॥ १२ ॥

स [illegible] चरते वायुरर्णवोत्पीडसम्भवः।
आकाशस्थानमासाद्य प्रशान्तिं नाधिगच्छति ॥ १३ ॥

'इस प्रकार समुद्रके जलसमुदायसे प्रकट हुई यह वायु सर्वत्र विचरने लगी और आकाशके किसी भी स्थानमें पहुँचकर वह शान्त नहीं हुई ॥ १३ ॥

तस्मिन् वाय्वम्बुसंघर्षे दीप्ततेजा महाबलः।
प्रादुरभूदूर्ध्वशिखः कृत्वा निस्तिमिरं नभः ॥ १४ ॥

'वायु और जलके उस संघर्षसे अत्यन्त तेजोमय महाबली अग्निदेवका प्राकट्य हुआ, जिनकी लपटें ऊपरकी ओर उठ रही थीं। वह आग आकाशके सारे अन्धकारको नष्ट करके प्रकट हुई थी ॥ १४ ॥

अग्निः पवनसंयुक्तः खं समाक्षिपते जलम्।
सोऽग्निमारुतसंयोगाद् घनत्वमुपपद्यते ॥ १५ ॥

'वायुका संयोग पाकर अग्नि जलको आकाशमें उछालने लगी; फिर वही जल अग्नि और वायुके संयोगसे घनीभूत हो गया ॥ १५ ॥

तस्याकाशे निपतितः स्नेहस्तिष्ठति योऽपरः।
स संघातत्वमापन्नो भूमित्वमनुगच्छति ॥ १६ ॥

'उसका जो वह गीलापन आकाशमें गिरा, वही घनीभूत होकर पृथ्वीके रूपमें परिणत हो गया ॥ १६ ॥

पूर्वमेव भगवता ब्रह्मणा लोकहितमनुतिष्ठता धर्मसंरक्षणार्थमाश्रमाश्चत्वारोऽभिनिर्दिष्टाः । तत्र गुरुकुलवासमेव प्रथममाश्रममुदाहरन्ति। सम्यग् यत्र शौचसंस्कारनियमव्रतविनियतात्मा उभे संध्ये भास्कराग्निदैवतान्युपस्थाय विहाय तन्द्र्यालस्ये गुरोरभिवादनवेदाभ्यासश्रवणपवित्रीकृतान्तरात्मा त्रिषवणमुपस्पृश्य ब्रह्मचर्याग्निपरिचरणगुरुशुश्रूषानित्यभिक्षाभैक्ष्यादिसर्वनिवेदितान्तरात्मा गुरुवचननिर्देशानुष्ठानाप्रतिकूलो गुरुप्रसादलब्धस्वाध्यायतत्परः स्यात् ॥ ८ ॥

भृगुजीने कहा—मुने ! जगत्का कल्याण करनेवाले भगवान् ब्रह्माने पूर्वकालमे ही धर्मकी रक्षाके लिये [illegible] आश्रमोंका निर्देश किया था । उनमेंसे ब्रह्मचर्यपालनपूर्वक गुरुकुलवासको ही पहला आश्रम कहते हैं । उसमें रहनेवाले ब्रह्मचारीको बाहर-भीतरकी शुद्धि, वैदिक संस्कार [illegible] व्रत-नियमोंका पालन करते हुए अपने मनको वशमें रखना चाहिये। सुबह और शाम दोनो संध्याओंके समय संध्योपासना, सूर्योपस्थान और अग्निहोत्रके द्वारा अग्निदेवकी आराधना करनी चाहिये। तन्द्रा और आलस्यको त्यागकर प्रतिदिन गुरुको प्रणाम करे और वेदोंके अभ्यास तथा श्रवणसे अपनी अन्तरात्माको पवित्र करे । सबेरे, [illegible] और दोपहर तीनो समय स्नान करे। ब्रह्मचर्यका पालन, अग्निकी उपासना और गुरुकी सेवा करे । प्रतिदिन भिक्षा माँगकर लाये । भिक्षामे जो कुछ प्राप्त हो, [illegible] सब गुरुको अर्पण [illegible] दे । अपनी अन्तरात्माको भी गुरुके चरणोंमें निछावर कर दे । गुरुजी जो कुछ कहें, जिसके लिये संकेत करें और जिस कार्यके निमित्त स्पष्ट शब्दोंमें [illegible] दें, उसके विपरीत आचरण न करे । गुरुके कृपाप्रसादसे मिले हुए स्वाध्यायमें [illegible] होवे ॥ ८ ॥

भवति चात्र श्लोकः—

गुरुं यस्तु समाराध्य द्विजो वेदमवाप्नुयात् ।
तस्य स्वर्गफलावाप्तिः सिध्यते चास्य मानसमिति ।९।

इस विषयमें यह श्लोक है—

जो द्विज गुरुकी आराधना करके वेदाध्ययन करता है, उसे स्वर्गलोककी प्राप्ति होती है और उसका मानसिक सकल्प सिद्ध होता है ॥ ९ ॥

गार्हस्थ्यं खलु द्वितीयमाश्रमं वदन्ति । तस्य समुदाचारलक्षणं सर्वमनुव्याख्यास्यामः। समावृत्तानां सदाचाराणां सहधर्मचर्यफलार्थिनां गृहाश्रमो विधीयते। धर्मार्थकामावाप्तिर्ह्यत्र त्रिवर्गसाधनमपेक्ष्यागर्हितेन कर्मणा धनान्यादाय स्वाध्यायोपलब्धप्रकर्षेण वा ब्रह्मर्षिनिर्मितेन वा अद्रिसारगतेन वा । हव्यकव्यनियमाभ्यासदैवतप्रसादोपलब्धेन वा धनेन गृहस्थो गार्हस्थ्यं वर्तयेत्। तद्धि सर्वाश्रमाणां मूलमुदाहरन्ति। गुरुकुलनिवासिनः परिव्राजका ये चान्ये संकल्पितव्रतनियमधर्मानुष्ठायिनस्तेषामप्यत एव भिक्षाबलिसंविभागाः प्रवर्तन्ते ॥ १० ॥

गार्हस्थ्यको दूसरा आश्रम कहते हैं । अब हम उसमें पालन करने योग्य समस्त उत्तम आचरणोंकी व्याख्या करेंगे । जो सदाचारका पालन करनेवाले ब्रह्मचारी विद्या पढ़कर गुरुकुलसे स्नातक होकर लौटते हैं, उन्हे यदि सहधर्मिणीके साथ रहकर धर्माचरण करने और उसका [illegible] पानेकी इच्छा हो तो उनके लिये गृहस्थाश्रममें प्रवेश करनेकी विधि है । इस आश्रममे धर्म, अर्थ और काम तीनोंकी प्राप्ति होती है; इसलिये त्रिवर्गसाधनकी इच्छा रखकर गृहस्थको उत्तम कर्मके द्वारा धन संग्रह करना चाहिये, अर्थात् वह स्वाध्यायसे प्राप्त हुई विशिष्ट योग्यतासे, ब्रह्मर्षियोंद्वारा धर्मशास्त्रोंमें निश्चित किये हुए मार्गसे अथवा पर्वतसे उपलब्ध हुए उसके सारभूत मणि रत्न, दिव्योषधि एवं स्वर्ण आदिसे धनका सचय करे । अथवा हव्य (यज्ञ), कव्य (श्राद्ध), नियम, वेदाभ्यास तथा देवताओंकी प्रसन्नतासे प्राप्त धनके द्वारा गृहस्थ पुरुष अपनी गृहस्थीका निर्वाह करे; क्योंकि गार्हस्थ्य आश्रमको सब आश्रमोंका मूल कहते हैं । गुरुकुलमें निवास करनेवाले ब्रह्मचारी, वनमे रहकर संकल्पके अनुसार व्रत, नियम तथा धर्मका पालन करनेवाले अन्यान्य वानप्रस्थ एवं सब कुछ त्यागकर सर्वत्र विचरनेवाले संन्यासी भी इस गृहस्थाश्रमसे ही भिक्षा, भेंट, उपहार तथा दान आदि पाकर अपने-अपने धर्मके पालनमें प्रवृत्त होते हैं ॥ १० ॥

वानप्रस्थानां च द्रव्योपस्कार इति प्रायशः खल्वेते साधवः साधुपथ्योदनाः स्वाध्यायप्रसङ्गिनस्तीर्थाभिगमनदेशदर्शनार्थं पृथिवीं पर्यटन्ति, तेषां प्रत्युत्थानाभिगमनाभिवादनानसूयवाक्प्रदानसुखदात्त्यासनसुखशयनाभ्यवहारसत्क्रिया चेति ॥ ११ ॥

वानप्रस्थोंके लिये धनका संग्रह करना निषिद्ध है । वे

उसका धर्माचरण भी वैसा ही है । धर्मका लक्षण है—स्वर्गप्राप्ति करानेवाला वर्णाश्रमोचित आचार । वर्ण और आश्रमके जितने भेद हैं, उतने ही उनके धर्मके भी हैं ।

श्रेष्ठ लोग प्रायः शुद्ध एवं हितकर अन्नमात्रके इच्छुक होकर [illegible] तीर्थयात्रा एवं देश-दर्शनके निमित्त सारी पृथ्वीपर घूमते-फिरते हैं। वे घरपर पधारें तो उठकर आगे बढ़कर इनका [illegible] करे। इनके चरणोंमें मस्तक झुकाये, दोषदृष्टि न रखकर उनसे [illegible] वचन बोले। यथाशक्ति सुखद आसन दे, सुखद शय्यापर उन्हें सुलावे और उत्तम भोजन करावे। इस प्रकार उनका पूर्ण सत्कार करे। यही उन श्रेष्ठ पुरुषके प्रति गृहस्थका कर्तव्य है ॥ ११ ॥

भवन्ति चात्र श्लोकाः—

अतिथिर्यस्य भग्नाशो गृहात् प्रतिनिवर्तते।
[illegible] दत्त्वा दुष्कृतं तस्मै पुण्यमादाय गच्छति ॥ १२ ॥

इस विषयमें ये श्लोक प्रसिद्ध हैं—

जिस गृहस्थके दरवाजेसे कोई अतिथि भिक्षा न पानेके कारण निराश होकर लौट जाता है, वह उस गृहस्थको अपना पाप दे उसका पुण्य लेकर चला जाता है ॥ १२ ॥

अपि चात्र यज्ञक्रियाभिर्देवताः प्रीयन्ते। निवापेन पितरो विद्याभ्यासश्रवणधारणेन ऋषयः। अपत्योत्पादनेन प्रजापतिरिति ॥ १३ ॥

इसके सिवा गृहस्थाश्रममें रहकर यज्ञ करनेसे देवता, श्राद्ध-तर्पण करनेसे पितर, वेद-शास्त्रोंके श्रवण, अभ्यास और धारणसे ऋषि तथा संतानोत्पादनसे प्रजापति प्रसन्न होते हैं ॥ १३ ॥

श्लोकौ [illegible] भवतः—

वात्सल्यात्सर्वभूतेभ्यो वाच्याः श्रोत्रसुखा गिरः।
परितापोपघातश्च पारुष्यं चात्र गर्हितम् ॥ १४ ॥

इस विषयमें ये दो श्लोक प्रसिद्ध हैं—

वाणी ऐसी बोलनी चाहिये, जिसमें सब प्राणियोंके प्रति स्नेह भरा हो तथा जो सुनते समय कानोंको सुखद जान पड़े। दूसरोंको पीड़ा देना, मारना और कटु वचन सुनाना—ये सब निन्दित कार्य हैं ॥ १४ ॥

अवज्ञानमहंकारो दम्भश्चैव विगर्हितः।
अहिंसा सत्यमक्रोधः सर्वाश्रमगतं तपः ॥ १५ ॥

किसीका अनादर करना, अहंकार दिखाना और ढोंग करना—इन दुर्गुणोंकी भी विशेष निन्दा की गयी है। किसी भी प्राणीकी हिंसा न करना, सत्य बोलना और मनमें क्रोध [illegible] आने देना—यह सभी आश्रमवालोंके लिये उपयोगी तप है॥

अपि चात्र माल्याभरणवस्त्राभ्यङ्गनित्योपभोगनृत्यगीतवादित्रश्रुतिसुखनयनाभिरामदर्शनानां प्राप्तिर्भक्ष्यभोज्यलेह्यपेयचोष्याणामभ्यवहार्याणां विविधानामुपभोगः। स्वविहारसंतोषः कामसुखावाप्तिरिति ॥ १६ ॥

इसके सिवा इस गृहस्थ-आश्रममें फूलोंकी माला, नाना प्रकारके आभूषण, वस्त्र, अङ्गराग (तेल-उबटन), नित्य उपभोगकी वस्तु, नृत्य, गीत, वाद्य, श्रवणसुखद शब्द और नयनाभि[illegible] रूपके दर्शनकी भी प्राप्ति होती है। भक्ष्य, भोज्य, लेह्य, पेय और चोष्यरूप नानाप्रकारके भोजनसम्बन्धी पदार्थ खाने-पीनेको भी मिलते हैं। अपने उद्यानमें घूमने-फिरनेका आनन्द प्राप्त होता है और कामसुखकी भी उपलब्धि होती है ॥ १६ ॥

त्रिवर्गगुणनिर्वृत्तिर्यस्य नित्यं गृहाश्रमे।
स सुखान्यनुभूयेह शिष्टानां गतिमाप्नुयात् ॥ १७ ॥

जिस पुरुषको गृहस्थाश्रममें सदा धर्म, अर्थ और कामके गुणोंकी सिद्धि होती रहती है, वह इस लोकमें सुखका अनुभव करके अन्तमें शिष्ट पुरुषोंकी गतिको प्राप्त कर लेता है ॥ १७ ॥

उञ्छवृत्तिर्गृहस्थो यः स्वधर्माचरणे रतः।
त्यक्तकामसुखारम्भः स्वर्गस्तस्य न दुर्लभः ॥ १८ ॥

जो गृहस्थ ब्राह्मण अपने धर्मके आचरणमें तत्पर हो उञ्छवृत्तिसे (खेत या बाजारमें बिखरे हुए अनाजके एक-एक दानेको बीनकर) जीविका चलाता है तथा कामसुखका परित्याग कर देता है, उसके लिये स्वर्ग कोई दुर्लभ वस्तु नहीं है ॥ १८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि भृगुभरद्वाजसंवादे एकनवत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १९१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें भृगु-भरद्वाजसंवादविषयक एक सौ इक्यानवेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥१९१॥

द्विनवत्यधिकशततमोऽध्यायः

वानप्रस्थ और संन्यास धर्मोंका वर्णन तथा हिमालयके उत्तर पार्श्वमें स्थित उत्कृष्ट लोककी विलक्षणता एवं महत्ताका प्रतिपादन, भृगु-भरद्वाज-संवादका उपसंहार

भृगुरुवाच

वानप्रस्थाः खल्वपि धर्ममनुसरन्तः पुण्यानि तीर्थानि नदीप्रस्रवणानि सुविविक्तेष्वरण्येषु मृगमहिषवराहशार्दूलवनगजाकीर्णेषु तपस्यन्तोऽनुसंचरन्ति त्यक्तग्राम्यवस्त्राभ्यवहारोपभोगा वन्यौषधिफलमूलपर्णपरिमितविचित्रनियताहाराः स्थानासनिनो भूमिपाषाणसिकताशर्करावालुकाभस्मशायिनः काशकुशचर्मवल्कलसंवृताङ्गाः केशश्मश्रुनखरोमधारिणो नियतकालोपस्पर्शना अस्कन्दितकालबलिहोमानुष्ठायिनः समित्कुशकुसुमापहा-

रसम्मार्जनलब्धविश्रामाः शीतोष्णवर्षपवनविष्टम्भविभिन्नसर्वत्वचो विविधनियमोपयोगचर्यानुष्ठानविहितपरिशुष्कमांसशोणितत्वगस्थिभूता धृतिपराः सत्त्वयोगाच्छरीराण्युद्वहन्ते ॥ १ ॥

भृगुजी कहते हैं—मुने ! तीसरे आश्रम वानप्रस्थका पालन करनेवाले मनुष्य धर्मका अनुसरण करते हुए पवित्र तीर्थोंमें, नदियोंके किनारे, झरनोंके आसपास तथा मृग, भैंसे, सूअर, सिंह एवं जंगली हाथियोसे भरे हुए एकान्त वनोंमें तप करते हुए विचरते रहते हैं। गृहस्थोंके उपभोगमें आनेवाले ग्रामजनोचित सुन्दर वस्त्र, स्वादिष्ट भोजन और विषय-भोगोंका परित्याग करके वे जंगलमें अपने-आप होनेवाले अन्न, फल, मूल तथा पत्तोंका परिमित, विचित्र एवं नियत आहार करते हैं। भूमिपर ही बैठते हैं। जमीन, पत्थर, रेत, कँकरीली मिट्टी, बालू अथवा राखपर ही सोते हैं। काश, कुश, मृगचर्म और वृक्षोंकी छालसे बने वस्त्रोंसे अपना शरीर ढकते हैं। सिरके बाल, दाढ़ी, मूँछ, नख और रोम सदा धारण किये रहते हैं। नियत समयपर स्नान करके निश्चित कालका उल्लङ्घन न करते हुए बलिवैश्वदेव तथा अग्निहोत्र आदि कर्मोंका अनुष्ठान करते हैं। सबेरे हवन पूजनके लिये समिधा, कुशा और फूल आदिका संग्रह करके आश्रमको झाड़-बुहार लेनेके पश्चात् उन्हें [illegible] विश्राम मिलता है। सर्दी, गर्मी, वर्षा और हवाका वेग सहते-सहते उनके शरीरके चमड़े फट जाते हैं। नाना प्रकारके नियमोंका पालन और सत्कर्मोंका अनुष्ठान करते रहनेसे उनके रक्त और मांस सूख जाते हैं और शरीरकी जगह चामसे ढकी हुई हड्डियोंका ढाँचामात्र रह जाता है; फिर भी धैर्य रखकर साहसपूर्वक शरीरका भार ढोते रहते हैं ॥ १ ॥

यस्त्वेतां नियतश्चर्यां ब्रह्मर्षिविहितां चरेत् स दहेदग्निवद्दोषान् जयेल्लोकांश्च दुर्जयान् ॥ २ ॥

जो पुरुष नियमके साथ रहकर ब्रह्मर्षियोंद्वारा आचरणमें लायी हुई इस वानप्रस्थ धर्मकी विधिका अनुष्ठान करता है, वह अग्निकी भाँति अपने दोषोंको भस्म करके दुर्लभ लोकोंको प्राप्त कर लेता है ॥ २ ॥

परिव्राजकानां पुनराचारः—तद् यथा विमुच्याग्निधनकलत्रपरिबर्हणं संगेष्वात्मनः स्नेहपाशानवधूय परिव्रजन्ति । समलोष्टाश्मकाञ्चनास्त्रिवर्गप्रवृत्तेष्वसक्तबुद्धयोऽरिमित्रोदासीनानां तुल्यदर्शनाः स्थावरजरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जानां भूतानां वाङ्मनःकर्मभिरनभिद्रोहिणोऽनिकेताः पर्वतपुलिनवृक्षमूलदेवतायतनान्यनुचरन्तो वासार्थमुपेयुर्नगरं [illegible] [illegible] नगरे पञ्चरात्रिका ग्रामे चैकरात्रिकाः प्रविश्य च प्राणधारणार्थं द्विजातीनां भवनान्यसंकीर्णकर्मणामुपतिष्ठेयुः पात्रपतितायाचितभैक्ष्याः कामक्रोधदर्पलोभमोहकार्पण्यदम्भपरिवादाभिमानहिंसानिवृत्ता इति ॥ ३ ॥

अत्र संन्यासियोंका आचरण बतलाया जाता है। वह इस प्रकार है—इसमें प्रवेश करनेवाले पुरुष अग्निहोत्र, धन, स्त्री आदि परिवार तथा घरकी सारी सामग्रीका परित्याग करके भोगों और सङ्गोंके प्रति अपनी आसक्तिके बन्धनोंको तोड़कर सदाके लिये घरसे बाहर निकल जाते हैं। ढेले, पत्थर और सुवर्णको समान समझते हैं। धर्म, अर्थ और कामसम्बन्धी प्रवृत्तियोमें उनकी बुद्धि आसक्त नहीं होती। शत्रु, मित्र और उदासीन—सबके प्रति वे समान दृष्टि रखते हैं। स्थावर, पिण्डज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्ज प्राणियोंके प्रति मन, वाणी और क्रियाओंद्वारा कभी द्रोह नहीं करते हैं, कुटी या मठ बनाकर नहीं रहते हैं। उन्हें चाहिये कि चारों ओर विचरते रहें तथा रात्रिमें ठहरनेके लिये पर्वतकी गुफा, नदीका किनारा, वृक्षकी जड़, देवमन्दिर, नगर अथवा गाँवमें चले जाया करें। नगरमें पाँच रात्रि और गाँवमें एक रातसे अधिक न ठहरें। प्राणधारणके लिये अपने विशुद्ध धर्मोंका पालन करनेवाले ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य—इन द्विजातियोंके ऐसे घरोंपर जाकर खड़े हो जायँ, जहाँ संकीर्णता न हो। बिना माँगे ही पात्रमें जितनी भिक्षा आ जाय, उतनी ही स्वीकार करें। काम, क्रोध, दर्प, लोभ, मोह, कृपणता, दम्भ, निन्दा, अभिमान तथा हिंसासे सर्वथा दूर रहें ॥ ३ ॥

भवति चात्र श्लोकः—

अभयं सर्वभूतेभ्यो दत्त्वा यश्चरते मुनिः ।
न तस्य सर्वभूतेभ्यो भयमुत्पद्यते क्वचित् ॥ ४ ॥

इस विषयमें ये श्लोक प्रसिद्ध हैं—

जो मुनि सब प्राणियोंको अभयदान देकर विचरता है, उसको सम्पूर्ण प्राणियोंमें किसीसे भी कहीं भय नहीं प्राप्त होता है ॥ ४ ॥

कृत्वाग्निहोत्रं स्वशरीरसंस्थं
शारीरमग्निं स्वमुखे जुहोति ।
विप्रस्तु भैक्ष्योपगतैर्हविर्भि-
श्चिताग्निनां स व्रजते हि लोकम् ॥ ५॥

जो ब्राह्मण अग्निहोत्रको अपने शरीरमें आरोपित करके शरीरस्थ अग्निके उद्देश्यसे अपने मुखमें प्राप्त भिक्षारूप हविष्यका होम करता है, वह अग्नि-चयन करनेवाले अग्निहोत्रियोंके लोकमें जाता है ॥ ५ ॥

मोक्षाश्रमं यश्चरते यथोक्तं
शुचिः सुसंकल्पितमुक्तबुद्धिः ।
अनिन्धनं ज्योतिरिव प्रशान्तं
स ब्रह्मलोकं श्रयते मनुष्यः ॥ ६ ॥

जो बुद्धिको संकल्परहित करके पवित्र हो शास्त्रोक्त विधिके अनुसार मोक्ष-आश्रम (संन्यास) के नियमोंका

पालन [illegible] है, [illegible] मनुष्य बिना ईंधनकी आगके समान परम शान्त ज्योतिर्मय ब्रह्मलोकको [illegible] होता है ॥ ६ ॥

भरद्वाज उवाच

अस्माल्लोकात् परो लोकः श्रूयते नोपलभ्यते ।
तमहं ज्ञातुमिच्छामि तद् भवान् वक्तुमर्हति ॥ ७ ॥

भरद्वाजने पूछा—ब्रह्मन् ! इस लोकसे कोई [illegible] लोक सुना जाता है; किंतु वह देखनेमें नहीं [illegible] । मैं उसे जानना चाहता हूँ, आप उसे बतानेकी कृपा करें ॥ [illegible] ॥

भृगुरुवाच

उत्तरे हिमवत्पार्श्वे पुण्ये सर्वगुणान्विते ।
पुण्यः क्षेम्यश्च काम्यश्च [illegible] परो लोक उच्यते ॥ ८ ॥

भृगुजीने कहा—मुने ! उत्तरदिशामें हिमालयके पार्श्वभागमें, जो सर्वगुणसम्पन्न एवं पुण्यमय प्रदेश है, वहाँके भू-भागपर श्रेष्ठ लोक बताया जाता है, वह पवित्र, कल्याणकारी और कमनीय लोक है ॥ ८ ॥

तत्र ह्यपापकर्माणः शुचयोऽत्यन्तनिर्मलाः ।
लोभमोहपरित्यक्ता मानवा निरुपद्रवाः ॥ ९ ॥

वहाँ पापकर्मसे रहित, पवित्र, अत्यन्त निर्मल, लोभ और मोहसे शून्य तथा सब प्रकारके उपद्रवोंसे रहित मानव निवास करते हैं ॥ ९ ॥

स स्वर्गसदृशो देशस्तत्र ह्युक्ताः शुभा गुणाः ।
काले मृत्युः प्रभवति स्पृशन्ति व्याधयो न च ॥ १० ॥

वह देश स्वर्गके तुल्य है। वहाँ सभी शुभ गुणोंकी [illegible] बतायी गयी है । वहाँ समयपर ही मृत्यु होती है। रोग-व्याधि किसीका स्पर्श नहीं करते हैं ॥ १० ॥

[illegible] लोभः परदारेषु स्वदारनिरतो जनः ।
नान्योन्यं वध्यते [illegible] द्रव्येषु च न विस्मयः ।
परो ह्यधर्मो नैवास्ति संदेहो नापि जायते ॥ ११ ॥

वहाँ किसीके मनमें परायी स्त्रियोंके प्रति लोभ नहीं होता । सब लोग अपनी ही स्त्रियोंमें अनुरक्त रहते हैं । वहाँके निवासी धनके लिये एक दूसरेका वध नहीं करते । किसीको बन्धनमें नहीं डालते । उन्हें कभी महान् विस्मय नहीं होता । अधर्मका तो वहाँ नाम भी नहीं है । वहाँ किसीके मनमें संदेह नहीं पैदा होता है ॥ ११ ॥

[illegible] [illegible] फलं [illegible] प्रत्यक्षमुपलभ्यते ।
पानासनाशनोपेताः प्रासादभवनाश्रयाः ॥ १२ ॥
सर्वकामैर्वृताः केचिद्धेमाभरणभूषिताः ।
प्राणधारणमात्रं तु केषांचिदुपपद्यते ।
श्रमेण महता केचित् कुर्वन्ति प्राणधारणम् ॥ १३ ॥

वहाँ किये हुए कर्मका फल प्रत्यक्ष उपलब्ध होता है । उस लोकमें कुछ लोग बड़े-बड़े महलोंमें रहते, अच्छे आसनोंपर बैठते और उत्तमोत्तम वस्तुएँ खाते-पीते हैं । समस्त कामनाओंसे सम्पन्न और सुवर्णमय आभूषणोंसे विभूषित [illegible] हैं [illegible] कुछ लोगोंको प्राणधारणमात्रके लिये भोजन प्राप्त होता है, कुछ लोग बड़े परिश्रमसे तपोमय जीवन व्यतीत करते हुए प्राण धारण करते हैं (इस प्रकार वह लोक इस लोकसे सर्वथा उत्कृष्ट है) * ॥ १२-१३ ॥

[illegible] धर्मपराः केचित् केचिन्नैकृतिका नराः ।
सुखिता दुःखिताः केचिन्निर्धना धनिनोऽपरे ॥ १४ ॥

इस मनुष्यलोकमें कुछ मनुष्य धर्मपरायण होते हैं तो कुछ बड़े भारी ठग निकलते हैं । इसीलिये कोई सुखी और कोई दुखी होते हैं । कुछ धनवान् और कुछ लोग निर्धन [illegible] जाते हैं ॥ १४ ॥

[illegible] श्रमो भयं मोहः क्षुधा तीव्रा च जायते ।
लोभश्चार्थकृतो नृणां येन मुह्यन्त्यपण्डिताः ॥ १५ ॥

इहलोकमें श्रम, भय, मोह और तीव्र भूखका [illegible] होता है । मनुष्योंमें धनका लोभ विशेष होता है, जिससे अज्ञानी पुरुष मोहमें पड़ जाते हैं ॥ १५ ॥

इह वार्ता बहुविधा धर्माधर्मस्य कारिणः ।
यस्तद्वेदोभयं [illegible] पाप्मना न स लिप्यते ॥ १६ ॥

इस देशमें धर्म और अधर्म करनेवाले मनुष्योंके विषयमें [illegible] प्रकारकी बातें सुनी जाती हैं । जो धर्म और अधर्म दोनोंके परिणामको जानता है, वह विद्वान् पुरुष पापसे लिप्त नहीं होता है ॥ १६ ॥

सोपधं निकृतिः स्तेयं परीवादो ह्यसूयिता ।
परोपघातो हिंसा च पैशुन्यमनृतं तथा ॥ १७ ॥
एतानासेवते यस्तु तपस्तस्य प्रहीयते ।
यस्त्वेतान् नाचरेद् विद्वांस्तपस्तस्य प्रवर्धते ॥ १८ ॥

कपट, शठता, चोरी, निन्दा, दूसरोंके दोष देखना, दूसरोंको हानि पहुँचाना, प्राणियोंकी हिंसा करना, चुगली [illegible] और झूठ बोलना—जो इन दुर्गुणोंका सेवन करता है, उसकी तपस्या क्षीण होती है और जो विद्वान् इन दोषोंको कभी अपने आचरणमें नहीं लाता, उसकी तपस्या निरन्तर बढ़ती रहती है ॥ १७-१८ ॥

इह चिन्ता बहुविधा धर्माधर्मस्य कर्मणः ।
कर्मभूमिरियं लोके इह [illegible] शुभाशुभम् ।
शुभैः शुभमवाप्नोति तथाशुभमथान्यथा ॥ १९ ॥

इस लोकमें पुण्य और पापकर्मके सम्बन्धमें अनेक प्रकारके विचार होते रहते हैं । यह कर्मभूमि है । इस जगत्में शुभ और अशुभ कर्म करके मनुष्य शुभ कर्मोंका शुभ फल पाता है और अशुभ कर्मोंका अशुभ फल भोगता है ॥ १९ ॥

* आचार्य नीलकण्ठने 'उत्तरे हिमवत्पार्श्वे' इत्यादिसे लेकर इस अध्यायके अन्ततकके श्लोकोंका आध्यात्मिक अर्थ किया है । वे परलोक या [illegible] लोकका अर्थ परमात्मा मानते [illegible] और इसी दृष्टिसे उन्होंने श्रुति और युक्तिका आश्रय [illegible] पूरे प्रकरणकी संगति लगायी है ।

इह प्रजापतिः पूर्वं देवाः सर्षिगणास्तथा।
इष्ट्वेष्टतपसः पूता ब्रह्मलोकमुपाश्रिताः ॥ २० ॥

पूर्वकालमें यहीं प्रजापति, देवता तथा ऋषियोंने [illegible] और अभीष्ट तपस्या करके पवित्र हो ब्रह्मलोकको प्राप्त कर लिया [illegible]

उत्तरः पृथिवीभागः सर्वपुण्यतमः शुभः।
इहस्थास्तत्र जायन्ते ये वै पुण्यकृतो जनाः ॥ २१ ॥

पृथ्वीका उत्तरभाग सबसे अधिक पवित्र और मङ्गलमय है। इस लोकमे जो पुण्यात्मा मनुष्य हैं, वे ही मृत्युके पश्चात् [illegible] भूभागमें जन्म लेते हैं ॥ २१ ॥

असत्कर्माणि कुर्वन्तस्तिर्यग्योनिषु चापरे।
क्षीणायुषस्तथा चान्ये नश्यन्ति पृथिवीतले ॥ २२ ॥

दूसरे लोग जो यहाँ पापकर्म करते हैं, वे पशु-पक्षियोंकी योनिमे जन्म ग्रहण करते हैं और दूसरे कितने ही आयुक्षय होनेपर नष्ट हो जाते हैं और पातालमे चले जाते हैं ॥ २२ ॥

अन्योन्यभक्षणासक्ता लोभमोहसमन्विताः।
इहैव परिवर्तन्ते न ते यान्त्युत्तरां दिशम् ॥ २३ ॥

जो लोभ और मोहसे युक्त हो एक दूसरेको खा जानेके लिये उद्यत रहते हैं, वे भी इसी लोकमे आवागमन करते रहते हैं, उत्तरदिशाके उत्कृष्ट लोकमें नहीं जाने पाते हैं ॥

ये गुरून् पर्युपासन्ते नियता ब्रह्मचारिणः।
पन्थानं सर्वलोकानां विजानन्ति मनीषिणः ॥ २४ ॥

जो मन और इन्द्रियोको संयममे रखकर ब्रह्मचर्यका पालन करते हुए गुरुजनोंकी उपासना करते हैं, वे मनीषी पुरुष सभी लोकोंके मार्गको जानते हैं ॥ २४ ॥

इत्युक्तोऽयं मया धर्मः संक्षिप्तो ब्रह्मनिर्मितः।
धर्माधर्मौ हि लोकस्य यो वै वेत्ति स बुद्धिमान् ॥२५॥

इस प्रकार मैंने यहाँ ब्रह्माजीके द्वारा निर्मित इस धर्मका संक्षेपसे वर्णन किया है। जो लोकमे करने और न करने योग्य धर्म और अधर्मको जानता है, वही बुद्धिमान् है ॥ २५ ॥

भीष्म उवाच

इत्युक्तो भृगुणा राजन् भरद्वाजः प्रतापवान्।
भृगुं परमधर्मात्मा विस्मितः प्रत्यपूजयत् ॥ २६ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! भृगुजीके इस प्रकार कहनेपर परम धर्मात्मा प्रतापी भरद्वाजने आश्चर्यचकित होकर उनकी पूजा की ॥ २६ ॥

एष ते प्रसवो राजन् जगतः सम्प्रकीर्तितः।
निखिलेन महाप्राज्ञ किं भूयः श्रोतुमिच्छसि ॥ २७ ॥

परम बुद्धिमान् नरेश! इस प्रकार मैंने तुमसे जगत्की उत्पत्तिके सम्बन्धमें ये सारी बातें बतायी हैं। अब और क्या सुनना चाहते हो? ॥ २७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि भृगुभरद्वाजसंवादे द्विनवत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १९२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें भृगु-भरद्वाजसंवादविषयक एक सौ बानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १९२ ॥

त्रिनवत्यधिकशततमोऽध्यायः

शिष्टाचारका फलसहित वर्णन, पापको छिपानेसे हानि और धर्मकी प्रशंसा

युधिष्ठिर उवाच

आचारस्य विधिं तात प्रोच्यमानं त्वयानघ।
श्रोतुमिच्छामि धर्मज्ञ सर्वज्ञो ह्यसि मे मतः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—धर्मज्ञ पितामह! अब मैं आपके मुखसे सदाचारकी विधि सुनना चाहता हूँ; क्योंकि आप सर्वज्ञ हैं ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

दुराचारा दुर्विचेष्टा दुष्प्रज्ञाः प्रियसाहसाः।
असन्तस्त्विति विख्याताः सन्तश्चाचारलक्षणाः ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! जो दुराचारी, बुरी चेष्टावाले, दुर्बुद्धि और दुःसाहसको प्रिय माननेवाले हैं, वे दुष्टात्माके नामसे विख्यात होते हैं। श्रेष्ठ पुरुष तो वही हैं, जिनमे सदाचार देखा जाय—सदाचार ही उनका [illegible] है ॥ २ ॥

पुरीषं यदि [illegible] मूत्रं ये न कुर्वन्ति मानवाः।
राजमार्गे गवां मध्ये धान्यमध्ये च ते शुभाः ॥ ३ ॥

जो मनुष्य सड़कपर, गौओंके बीचमें और अनाजमें मल या मूत्रका त्याग नहीं करते हैं, वे श्रेष्ठ समझे जाते हैं ॥

शौचमावश्यकं कृत्वा देवतानां [illegible] तर्पणम्।
धर्ममाहुर्मनुष्याणामुपस्पृश्य नदीं तरेत् ॥ [illegible] ॥

प्रतिदिन आवश्यक शौचका सम्पादन करके आचमन करे; फिर नदीमें नहाये और अपने अधिकारके अनुसार संध्योपासनाके अनन्तर देवता आदिका तर्पण करे। इसे विद्वान् पुरुष मानवमात्रका धर्म बताते हैं ॥ ४ ॥

सूर्यं सदोपतिष्ठेत न च सूर्योदये स्वपेत्।
सायं प्रातर्जपेत् संध्यां तिष्ठन् पूर्वां तथेतराम् ॥ ५ ॥

नित्यप्रति सूर्योपस्थान करे। सूर्योदयके [illegible] कभी न सोये। सायंकाल और प्रातःकाल दोनों समय सन्ध्योपासना करके गायत्रीमन्त्रका जप करे ॥ ५ ॥

पञ्चार्द्रो भोजनं भुञ्ज्यात् प्राङ्मुखो मौनमास्थितः।
न निन्द्यादन्नभक्ष्यांश्च स्वाद्वस्वादु च भक्षयेत् ॥ ६ ॥

दोनों हाथ, दोनों पैर और मुँह—इन पाँच अङ्गोंको धोकर

१. तात्पर्य [illegible] भोजनके लिये जाते समय [illegible] हाथ, पैर और मुँह धोने चाहिये। [illegible] फलके भोवे [illegible], तो भी [illegible] समय धो लेना आवश्यक है।

पूर्वाभिमुख हो भोजन करे। भोजनके समय मौन रहे। परोसे हुए अन्नकी निन्दा न करे। वह स्वादिष्ट हो या न हो, प्रेमसे भोजन कर ले ॥ ६ ॥

आर्द्रपाणिः समुत्तिष्ठेन्नार्द्रपादः स्वपेन्निशि।
देवर्षिर्नारदः प्राह एतदाचारलक्षणम् ॥ ७ ॥

भोजनके बाद हाथ धोकर उठे। रातको भीगे पैर न सोये। देवर्षि नारद इसीको सदाचारका [illegible] कहते हैं ॥ ७ ॥

शुचि देशमनड्वाहं देवगोष्ठं चतुष्पथम्।
ब्राह्मणं धार्मिकं चैत्यं नित्यं कुर्यात् प्रदक्षिणम् ॥ ८ ॥
अतिथीनां च सर्वेषां प्रेष्याणां स्वजनस्य च।
सामान्यं भोजनं भृत्यैः पुरुषस्य प्रशस्यते ॥ ९ ॥

[illegible] आदि पवित्र स्थान, बैल, देवालय, चौराहा, ब्राह्मण, धर्मात्मा मनुष्य तथा चैत्य (देवसम्बन्धी वृक्ष)— इनको सदा दाहिने करके चले। गृहस्थ पुरुषको घरमें अतिथियों, सेवकों और स्वजनोंके लिये भी एक-सा भोजन बनवाना श्रेष्ठ माना गया है ॥ ८-९ ॥

सायं प्रातर्मनुष्याणामशनं वेदनिर्मितम्।
नान्तरा भोजनं दृष्टमुपवासी तथा भवेत् ॥ १० ॥

शास्त्रमें मनुष्योंके लिये सायंकाल और प्रातःकाल दो ही समय भोजन करनेका विधान है। बीचमें भोजन करनेकी विधि नहीं देखी गयी है। जो इस नियमका पालन करता है, उसे [illegible] करनेका [illegible] प्राप्त होता है ॥ १० ॥

होमकाले तथा जुह्वन्नृतुकाले तथा व्रजन्।
अनन्यस्त्रीजनः प्राज्ञो ब्रह्मचारी [illegible] भवेत् ॥ ११ ॥

जो होमके समय प्रतिदिन हवन करता, ऋतुकालमें [illegible] पास जाता और परायी स्त्रीपर कभी दृष्टि नहीं डालता, [illegible] बुद्धिमान् पुरुष ब्रह्मचारीके समान माना जाता है ॥ ११ ॥

अमृतं ब्राह्मणोच्छिष्टं जनन्या हृदयं कृतम्।
[illegible] पर्युपासन्ते सत्यं सन्तः समासते ॥ १२ ॥

ब्राह्मणको भोजन करानेके बाद बचा हुआ [illegible] अमृत है। वह माताके स्तन्यकी भाँति हितकर है। उसका जो लोग सेवन करते हैं, वे श्रेष्ठ पुरुष सत्यस्वरूप परब्रह्म परमात्माको प्राप्त [illegible] लेते हैं ॥ १२ ॥

लोष्टमर्दी तृणच्छेदी नखखादी तु यो नरः।
नित्योच्छिष्टः शंकुशुको नेहायुर्विन्दते महत् ॥ १३ ॥

जो मनुष्य मिट्टीके ढेले फोड़ता, तिनके तोड़ता, नख चबाता, सदा जूठे हाथ और जूठे मुँह रहता है तथा खूँटीमें बँधे हुए तोतेके समान पराधीन जीवन बिताता है, उसे इस जगत्में बड़ी आयु नहीं मिलती ॥ १३ ॥

यजुषा संस्कृतं मांसं निवृत्तो मांसभक्षणात्।
न भक्षयेद् वृथामांसं पृष्ठमांसं च वर्जयेत् ॥ १४ ॥

जो मांस-भक्षण न करता हो, [illegible] यजुर्वेदके मन्त्रोंद्वारा [illegible] किया हुआ मांस भी न खाय। व्यर्थ मांस और श्राद्ध-शेष [illegible] भी वह त्याग दे ॥ १४ ॥

स्वदेशे परदेशे वा अतिथिं नोपवासयेत्।
काम्यकर्मफलं लब्ध्वा गुरूणामुपपादयेत् ॥ १५ ॥

मनुष्य स्वदेशमें हो या परदेशमें—अपने पास आये हुए अतिथिको भूखा न रहने दे। सकाम कर्तव्यकर्मोंके फलरूपमें प्राप्त पदार्थ अपने गुरुजनोंको निवेदित कर दे ॥ १५ ॥

गुरुभ्य आसनं देयं कर्तव्यं चाभिवादनम्।
गुरूनभ्यर्च्य युज्यन्ते आयुषा यशसा श्रिया ॥ १६ ॥

गुरुजन पधारें तो उन्हें बैठनेके लिये आसन दे, प्रणाम करे, गुरुओंकी पूजा करनेसे मनुष्य आयु, यश और लक्ष्मीसे सम्पन्न होते हैं ॥ १६ ॥

नेक्षेतादित्यमुद्यन्तं न च नग्नां परस्त्रियम्।
मैथुनं सततं धर्म्यं गुह्ये चैव समाचरेत् ॥ १७ ॥

उगते हुए सूर्यकी ओर न देखे, नंगी हुई परायी स्त्रीकी ओर दृष्टि न डाले और सदा धर्मानुसार ऋतुकालके [illegible] अपनी ही पत्नीके साथ एकान्त स्थानमें समागम करे ॥ १७ ॥

तीर्थानां हृदयं तीर्थं शुचीनां हृदयं शुचिः।
सर्वमार्यकृतं चौक्ष्यं वालसंस्पर्शनानि च ॥ १८ ॥

तीर्थोंमें श्रेष्ठ तीर्थ विशुद्ध हृदय है, पवित्र वस्तुओंमें अतिपवित्र भी विशुद्ध हृदय ही है। शिष्ट पुरुष जिसे आचरणमें लाते हैं, वह आचरण सर्वश्रेष्ठ है। चँवर आदिमें लगे हुए गायकी पूँछके बालोंका स्पर्श भी शिष्टाचारानुमोदित होनेके कारण शुद्ध है ॥ १८ ॥

दर्शने दर्शने नित्यं सुखप्रश्नमुदाहरेत्।
सायं प्रातश्च विप्राणां प्रदिष्टमभिवादनम् ॥ १९ ॥

परिचित मनुष्यसे जब-जब भेंट हो, सदा उसका कुशल-समाचार पूछे। सायंकाल और प्रातःकाल दोनों समय ब्राह्मणोंको प्रणाम करे, यह शास्त्रकी आज्ञा है ॥ १९ ॥

देवागारे गवां मध्ये ब्राह्मणानां क्रियापथे।
स्वाध्याये भोजने चैव दक्षिणं पाणिमुद्धरेत् ॥ २० ॥

देवमन्दिरमें, गौओंके बीचमें, ब्राह्मणके यज्ञादि कर्मोंमें, शास्त्रोंके स्वाध्यायकालमें और भोजन करते समय दाहिने हाथसे [illegible] ले ॥ २० ॥

सायं [illegible] विप्राणां पूजनं च यथाविधि।
पण्यानां शोभते पण्यं कृषीणां बाध्यते कृषिः ॥ २१ ॥
बहुकारं च सस्यानां वाह्ये वाहो गवां तथा।

सवेरे और शाम दोनों समय विधिपूर्वक ब्राह्मणोंका पूजन (सेवा-सत्कार) करना चाहिये। यही व्यापारोंमें उत्तम व्यापारकी भाँति शोभा पाता है और यही खेतीमें सबसे अच्छी खेतीके समान प्रत्यक्ष फलदायक है। ब्राह्मण-पूजक पुरुषके विविध अन्नोंकी वृद्धि होती है और उसे वाहनोंमें गोजातिके श्रेष्ठ वाहन सुलभ होते हैं ॥ २१½ ॥

सम्पन्नं भोजने नित्यं पानीये तर्पणं तथा ॥ २२ ॥
सुश्रृतं पायसे ब्रूयाद् यवाग्वां कृसरे तथा ।

भोजन करानेके पश्चात् दाता पूछे कि क्या भोजन सम्पन्न हो गया ? ब्राह्मण उत्तर दे कि सम्पन्न हो गया । इसी प्रकार जल पिलानेके बाद दाता पूछे तृप्ति हुई न ? ब्राह्मण उत्तर दे कि अच्छी तरह तृप्ति हो गयी । खीर खिलानेके बाद जब यजमान पूछे कि अच्छा बना था न ? तब ब्राह्मण उत्तर दे बहुत अच्छा बना था। इसी प्रकार जौका हलुआ और खिचड़ी खिलानेके बाद भी प्रश्न और उत्तर होना चाहिये ॥ २२½ ॥

श्मश्रुकर्मणि सम्प्राप्ते क्षुते स्नानेऽथ भोजने ।
व्याधितानां च सर्वेषामायुष्यमभिनन्दनम् ॥ २३ ॥

हजामत बनाने, छींकने, स्नान और भोजन करनेके बाद हरेक मनुष्यको तथा सभी अवस्थाओंमें सम्पूर्ण रोगियोंका कर्तव्य है कि वे ब्राह्मणोंको प्रणाम आदिसे प्रसन्न करें । इससे उनकी आयु बढ़ती है ॥ २३ ॥

प्रत्यादित्यं न मेहेत न पश्येदात्मनः शकृत् ।
सह स्त्रियाथ शयनं सह भोज्यं च वर्जयेत् ॥ २४ ॥

सूर्यकी ओर मुँह करके पेशाब न करे । अपनी विष्ठापर दृष्टि न डाले । स्त्रीके साथ एक शय्यापर सोना और एक थालीमें भोजन करना छोड़ दे ॥ २४ ॥

त्वंकारं नामधेयं च ज्येष्ठानां परिवर्जयेत् ।
अवराणां समानानामुभयेषां न दुष्यति ॥ २५ ॥

अपनेसे बड़ोंका नाम लेकर या तू कहकर न पुकारे, जो अपनेसे छोटे या समवयस्क हों, उनके लिये वैसा करना दोषकी बात नहीं है ॥ २५ ॥

हृदयं पापवृत्तानां पापमाख्याति वैकृतम् ।
ज्ञानपूर्वं विनश्यन्ति गूहमाना महाजने ॥ २६ ॥

पापियोंका हृदय तथा उनके नेत्र और मुख आदिका विकार ही उनके पापोंको बता देता है । जो लोग जान-बूझकर किये हुए पापको महापुरुषोंसे छिपाते हैं, वे गिर जाते हैं ॥

ज्ञानपूर्वकृतं पापं छादयत्यबहुश्रुतः ।
नैनं मनुष्याः पश्यन्ति पश्यन्त्येव दिवौकसः ॥ २७ ॥

मूर्ख मनुष्य ही जान-बूझकर किये हुए पापको छिपाता है । यद्यपि उस पापको मनुष्य नहीं देखते हैं, तो भी देवता-लोग तो देखते ही हैं ॥ २७ ॥

पापेनापिहितं पापं पापमेवानुवर्तते ।
धर्मेणापिहितो धर्मो धर्ममेवानुवर्तते ।
धार्मिकेण कृतो धर्मो धर्ममेवानुवर्तते ॥ २८ ॥

पापी मनुष्यका पापके द्वारा छिपाया हुआ पाप पुनः उसे पापमें ही लगाता है और धर्मात्माका धर्मतः गुप्त रक्खा हुआ धर्म उसे पुनः धर्ममें ही प्रवृत्त करता है ॥ २८ ॥

पापं कृतं न स्मरतीह मूढो
विवर्तमानस्य तदेति कर्तुः ।
राहुर्यथा चन्द्रमुपैति चापि
तथाबुधं पापमुपैति कर्म ॥ २९ ॥

मूर्ख मनुष्य अपने किये हुए पापको याद नहीं रखता; परंतु पापमें प्रवृत्त हुए कर्ताका पाप स्वयं ही उसके पीछे लगा रहता है, जैसे राहु चन्द्रमाके पास स्वतः पहुँच जाता है, उसी प्रकार उस मूढ़ मनुष्यके पास उसका पाप स्वयं चला जाता है ॥ २९ ॥

आशया संचितं द्रव्यं दुःखेनैवोपभुज्यते ।
तद् बुधा न प्रशंसन्ति मरणं न प्रतीक्षते ॥ ३० ॥

किसी विशेष कामनाकी पूर्तिकी आशासे जो धन संचित करके रखा गया है, उसका उपभोग दुःखपूर्वक ही किया जाता है; अतः विद्वान् पुरुष उसकी प्रशंसा नहीं करते हैं; क्योंकि मृत्यु किसीकी कामना-पूर्तिके अवसरकी प्रतीक्षा नहीं करती है ॥ ३० ॥

मानसं सर्वभूतानां धर्ममाहुर्मनीषिणः ।
तस्मात् सर्वेषु भूतेषु मनसा शिवमाचरेत् ॥ ३१ ॥

मनीषी पुरुषोंका कथन है कि समस्त प्राणियोंके लिये मनद्वारा किया हुआ धर्म ही श्रेष्ठ है; अतः मनसे सम्पूर्ण जीवोंका कल्याण सोचता रहे ॥ ३१ ॥

एक एव चरेद् धर्मं नास्ति धर्मे सहायता ।
केवलं विधिमासाद्य सहायः किं करिष्यति ॥ ३२ ॥

केवल वेदविधिका सहारा लेकर अकेले ही धर्मका आचरण करना चाहिये । उसमें सहायताकी आवश्यकता नहीं है । कोई दूसरा सहायक आकर क्या करेगा ? ॥ ३२ ॥

धर्मो योनिर्मनुष्याणां देवानाममृतं दिवि ।
प्रेत्यभावे सुखं धर्माच्छश्वत्तैरुपभुज्यते ॥ ३३ ॥

धर्म ही मनुष्योंकी योनि है । वही स्वर्गमें देवताओंका अमृत है । धर्मात्मा मनुष्य मरनेके पश्चात् धर्मके ही बलसे सदा सुख भोगते हैं ॥ ३३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि भीष्मयुधिष्ठिरसंवादे आचारविधौ त्रिनवत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १९३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें भीष्म-युधिष्ठिरसंवादके प्रसङ्गमें आचारविधिविषयक एक सौ तिरानवेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १९३ ॥

चतुर्नवत्यधिकशततमोऽध्यायः

अध्यात्मज्ञानका निरूपण

युधिष्ठिर उवाच

अध्यात्मं नाम यदिदं पुरुषस्येह चिन्त्यते ।
यदध्यात्मं यथा चैतत् तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! शास्त्रोंमें मनुष्यके लिये अध्यात्मके नामसे जिसका विचार किया जाता है, वह अध्यात्म-ज्ञान क्या है और कैसा है ? यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

कुतः सृष्टमिदं विश्वं ब्रह्मन् स्थावरजङ्गमम् ।
प्रलये कथमभ्येति तन्मे वक्तुमिहार्हसि ॥ २ ॥

ब्रह्मन् ! इस चराचर जगत्की सृष्टि किससे हुई है और प्रलयकालमें इसका लय किस प्रकार होता है; इस विषयका मुझसे वर्णन कीजिये ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

अध्यात्ममिति मां पार्थ यदेतदनुपृच्छसि ।
तद् व्याख्यास्यामि ते तात श्रेयस्करतमं सुखम् ॥ ३ ॥

भीष्मजीने कहा—तात ! कुन्तीनन्दन ! तुम जिस अध्यात्मज्ञानके विषयमें पूछ रहे हो, उसकी व्याख्या [illegible] तुम्हारे लिये करता हूँ; वह परम कल्याणकारी और सुख-स्वरूप है ॥ ३ ॥

सृष्टिप्रलयसंयुक्तमाचार्यैः परिदर्शितम् ।
यज्ज्ञात्वा पुरुषो लोके प्रीतिं सौख्यं च विन्दति ।
फललाभश्च तस्य स्यात् सर्वभूतहितं च तत् ॥ ४ ॥

आचार्योंने सृष्टि और प्रलयकी व्याख्याके साथ अध्यात्म-ज्ञानका विवेचन किया है, जिसे जानकर मनुष्य इस संसारमें सुख और प्रसन्नताका भागी होता है । उसे अभीष्ट फलकी प्राप्ति भी होती है । वह अध्यात्मज्ञान [illegible] प्राणियोंके लिये हितकर है ॥ ४ ॥

पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ।
महाभूतानि भूतानां सर्वेषां प्रभवाप्ययौ ॥ ५ ॥

पृथ्वी, वायु, आकाश, [illegible] और अग्नि—ये पाँच महाभूत सम्पूर्ण प्राणियोंकी उत्पत्ति और प्रलयके स्थान हैं ॥५॥

[illegible] सृष्टानि तत्रैव तानि यान्ति पुनः पुनः ।
महाभूतानि भूतेभ्यः सागरस्योर्मयो यथा ॥ ६ ॥

जैसे लहरें समुद्रसे प्रकट होकर फिर उसीमें लीन हो जाती हैं, उसी प्रकार ये पाँच महाभूत भी जिस परमात्मासे उत्पन्न हुए हैं, उसीमें सब प्राणियोंके सहित बारंबार लीन होते हैं ॥ ६ ॥

प्रसार्य च यथाङ्गानि कूर्मः संहरते पुनः ।
तद्वद् भूतानि भूतात्मा सृष्टानि हरते पुनः ॥ [illegible] ॥

जैसे कछुआ अपने अङ्गोंको फैलाकर पुनः समेट लेता है, उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंके आत्मा परब्रह्म परमेश्वर अपने रचे हुए सम्पूर्ण भूतोंको फैलाकर फिर अपने भीतर ही समेट लेते हैं ॥ ७ ॥

महाभूतानि पञ्चैव सर्वभूतेषु भूतकृत् ।
अकरोत् तेषु वैषम्यं तत्तु जीवो न पश्यति ॥ ८ ॥

सम्पूर्ण भूतोंकी सृष्टि करनेवाले परमात्माने सब प्राणियोंके शरीरोंमें पाँच ही महाभूतोंको स्थापित किया है; परंतु उनमें विषमता कर दी है—किसी महाभूतके अंशको अधिक और किसीके अंशको कम करके रक्खा है । उस वैषम्यको साधारण जीव नहीं देख पाता ॥ ८ ॥

शब्दः श्रोत्रं तथा खानि त्रयमाकाशयोनिजम् ।
वायोः स्पर्शस्तथा चेष्टा त्वक् चैव त्रितयं स्मृतम् ॥ ९ ॥

शब्दगुण, श्रोत्र इन्द्रिय और शरीरके सम्पूर्ण छिद्र—ये तीन आकाशके कार्य हैं । स्पर्श, चेष्टा और त्वगिन्द्रिय—ये तीन वायुके कार्य माने गये हैं ॥ ९ ॥

रूपं चक्षुस्तथा पाकस्त्रिविधं तेज उच्यते ।
[illegible] क्लेदश्च जिह्वा च त्रयो जलगुणाः स्मृताः ॥ १० ॥

रूप, नेत्र और परिपाक—ये तीन तेजके कार्य बताये जाते हैं । रस, जिह्वा तथा क्लेद (गीलापन)—ये तीन जलके गुण अर्थात् कार्य माने गये हैं ॥ १० ॥

घ्रेयं घ्राणं शरीरं च एते भूमिगुणास्त्रयः ।
महाभूतानि पञ्चैव षष्ठं च मन उच्यते ॥ ११ ॥

गन्ध, घ्राणेन्द्रिय और शरीर—ये तीन भूमिके गुण अर्थात् कार्य हैं । इस प्रकार इस शरीरमें पाँच महाभूत और [illegible] हैं; ऐसा बताया जाता है ॥ ११ ॥

इन्द्रियाणि मनश्चैव विज्ञानान्यस्य भारत ।
सप्तमी बुद्धिरित्याहुः क्षेत्रज्ञः पुनरष्टमः ॥ १२ ॥

भरतनन्दन ! श्रोत्र आदि पाँच इन्द्रियाँ और मन—ये जीवात्माको विषयोंका ज्ञान करानेवाले हैं । शरीरमें इन छःके अतिरिक्त सातवीं बुद्धि और आठवाँ क्षेत्रज्ञ है ॥ १२ ॥

चक्षुरालोचनायैव संशयं कुरुते मनः ।
बुद्धिरध्यवसानाय क्षेत्रज्ञः साक्षिवत् स्थितः ॥ १३ ॥

इन्द्रियाँ विषयोंको ग्रहण कराती हैं । मन संकल्प-विकल्प करता है । बुद्धि निश्चय करानेवाली है और क्षेत्रज्ञ (आत्मा) साक्षीकी भाँति स्थित रहता है ॥ १३ ॥

ऊर्ध्वं पादतलाभ्यां यदर्वाक्चोर्ध्वं च पश्यति ।
एतेन सर्वमेवेदं विद्ध्यभिव्याप्तमन्तरम् ॥ १४ ॥

दोनों पैरोंके तलोंसे लेकर ऊपरतक जो शरीर स्थित है, उसे जो साक्षीभूत चेतन ऊपर-नीचे सब ओरसे देखता है, वह इस सारे शरीरके भीतर और बाहर सब जगह व्याप्त है । [illegible] बातको तुम अच्छी तरह समझ लो ॥ १४ ॥

पुरुषैरिन्द्रियाणीह वेदितव्यानि कृत्स्नशः।
तमो रजश्च सत्त्वं च तेऽपि भावास्तदाश्रिताः॥ १५॥

सभी मनुष्योंको अपनी इन्द्रियों (और मन-बुद्धि) की देख-भाल करके उनके विषयमें पूरी जानकारी रखनी चाहिये; क्योंकि सत्त्व, रज और तम—ये तीनों गुण उन्हींका [illegible] लेकर रहते हैं॥ १५॥

एतां बुद्ध्वा नरो बुद्ध्या भूतानामागतिं गतिम्।
समवेक्ष्य शनैश्चैव लभते शममुत्तमम्॥ १६॥

मनुष्य अपनी बुद्धिके बलसे इन सबको और जीवोंके आवागमनकी अवस्थाको जानकर शनैः शनैः उसपर विचार करनेसे उत्तम शान्ति पा जाता है॥ १६॥

गुणैर्नेनीयते बुद्धिर्बुद्धिरेवेन्द्रियाण्यपि।
मनःषष्ठानि सर्वाणि तदभावे कुतो गुणाः॥ १७॥

तम आदि गुण बुद्धिको बारंबार विषयोंकी ओर ले जाते हैं; तथा बुद्धिके साथ-साथ मनसहित पाँचों इन्द्रियोंको और उनकी समस्त वृत्तियोंको भी ले जाते हैं। उस बुद्धिके अभावमें गुण कैसे रह सकते हैं?॥ १७॥

इति तन्मयमेवैतत् सर्वं स्थावरजङ्गमम्।
प्रलीयते चोद्भवति तस्मान्निर्दिश्यते तथा॥ १८॥

यह चराचर जगत् बुद्धिके उदय होनेपर ही उत्पन्न होता है और उसके लयके साथ ही लीन हो जाता है; इसलिये यह सारा प्रपञ्च बुद्धिमय ही है; अतएव श्रुतिने सबकी बुद्धिरूपताका ही निर्देश किया है॥ १८॥

येन पश्यति तच्चक्षुः शृणोति श्रोत्रमुच्यते।
जिघ्रति घ्राणमित्याहू रसं जानाति जिह्वया॥ १९॥

बुद्धि जिसके द्वारा देखती है, उसे नेत्र और जिसके द्वारा सुनती है, उसे श्रोत्र कहते हैं। इसी प्रकार जिससे वह सूँघती है, उसे [illegible] कहा गया है, वही जिह्वाके द्वारा रसका अनुभव करती है॥ १९॥

त्वचा स्पर्शयते स्पर्शं बुद्धिर्विक्रियतेऽसकृत्।
येन प्रार्थयते किञ्चित् तदा भवति तन्मनः॥ २०॥

बुद्धि त्वचासे स्पर्शका बोध प्राप्त करती है। इस प्रकार वह बारंबार विकारको प्राप्त होती रहती है। वह जिस करणके द्वारा जिसका अनुभव करना चाहती है, मन उसीका रूप धारण कर लेता है॥ २०॥

अधिष्ठानानि बुद्धेर्हि पृथगर्थानि पञ्चधा।
इन्द्रियाणीति यान्याहुस्तान्यदृश्योऽधितिष्ठति॥ २१॥

भिन्न-भिन्न विषयोंको ग्रहण करनेके लिये जो बुद्धिके पाँच अधिष्ठान हैं, उन्हींको पाँच इन्द्रियाँ कहते हैं। अदृश्य जीवात्मा उन सबका अधिष्ठाता (प्रेरक) है॥ २१॥

पुरुषे तिष्ठती बुद्धिस्त्रिषु भावेषु [illegible]र्तते।
कदाचिल्लभते प्रीतिं कदाचिदनुशोचति॥ २२॥
न सुखेन न दुःखेन कदाचिदपि वर्तते।

जीवात्माके आश्रित रहकर बुद्धि (सुख, दुःख और मोह) तीन भावोंमें स्थित होती है। वह कभी तो प्रसन्नताका अनुभव करती है, कभी शोकमें डूबी रहती है और कभी सुख और दुःख दोनोंके अनुभवसे रहित मोहाच्छन्न हो जाती है॥ २२½॥

एवं नराणां मनसि त्रिषु भावेष्ववस्थिता॥ २३॥
सेयं भावात्मिका भावांस्त्रीनेतानतिवर्तते।
सरितां सागरो भर्ता महावेलामिवोर्मिमान्॥ २४॥

इस प्रकार वह मनुष्योंके मनके भीतर तीन भावोंमें अवस्थित है, यह भावात्मिका बुद्धि (समाधि अवस्थामें) सुख, दुःख और मोह—इन तीनों भावोंको लाँघ जाती है। ठीक उसी तरह जैसे सरिताओंका स्वामी समुद्र उत्ताल तरङ्गोंसे संयुक्त हो अपनी विशाल तटभूमिको भी कभी-कभी लाँघ जाता है॥ २३-२४॥

अतिभावगता बुद्धिर्भावे मनसि वर्तते।
प्रवर्तमानं [illegible] रजस्तद्भावमनुवर्तते॥ २५॥

उपर्युक्त भावोंको लाँघ जानेपर भी बुद्धि भावात्मक मनमें सूक्ष्मरूपसे स्थित रहती है। तत्पश्चात् समाधिसे उत्थानके [illegible] प्रवृत्त्यात्मक रजोगुण बुद्धिभावका अनुसरण करता है॥

इन्द्रियाणि हि सर्वाणि प्रवर्तयति [illegible] तदा।
ततः सत्त्वं तमोभावः प्रीतियोगात् प्रवर्तते॥ २६॥

उस समय रजोगुणसे युक्त हुई बुद्धि सारी इन्द्रियोंको प्रवृत्तिमें लगा देती है। तदनन्तर विषयोंके सम्बन्धसे प्रीतिरूप सत्त्वगुण प्रकट होता है। उसके बाद पुरुषके आसक्ति आदि दोषोंसे तमोमय भावका उदय होता है॥ २६॥

प्रीतिः सत्त्वं रजः शोकस्तमो मोहस्तु ते त्रयः।
ये ये च भावा लोकेऽस्मिन् सर्वेष्वेतेषु वै त्रिषु॥ २७॥

प्रसन्नता या हर्ष सत्त्वगुणका कार्य है, शोक रजोगुणरूप है और मोह तमोगुणरूप। इस संसारमें जो जो भाव हैं, वे [illegible] इन्हीं तीनोंके अन्तर्गत हैं॥ २७॥

इति बुद्धिगतिः सर्वा व्याख्याता [illegible] भारत।
इन्द्रियाणि च सर्वाणि विजेतव्यानि धीमता॥ २८॥

भारत! इस प्रकार मैंने तुम्हारे समक्ष बुद्धिकी सम्पूर्ण गतिका विशद विवेचन किया है। बुद्धिमान् पुरुषको चाहिये कि वह अपनी सम्पूर्ण इन्द्रियोंको काबूमें रक्खे॥ २८॥

सत्त्वं रजस्तमश्चैव प्राणिनां संश्रिताः सदा।
त्रिविधा वेदना चैव सर्वसत्त्वेषु दृश्यते॥ २९॥
सात्त्विकी राजसी चैव तामसी चेति भारत।

भारत! [illegible] रज और तम—ये तीन गुण सदा ही प्राणियोंमें स्थित रहते हैं और इनके कारण उन सब जीवोंमें सात्त्विकी, राजसी और तामसी—यह तीन प्रकारकी अनुभूति देखी जाती है॥ २९½॥

सुखस्पर्शः सत्त्वगुणो दुःखस्पर्शो रजोगुणः।

तमोगुणेन संयुक्तौ भवतोऽव्यावहारिकौ ॥ ३० ॥

सत्त्वगुण सुखकी अनुभूति करानेवाला है, रजोगुण दुःखकी प्राप्ति कराता है और जब ये दोनों तमोगुण (मोह) से संयुक्त होते हैं, तब व्यवहारके विषय नहीं रह जाते ॥३०॥

तत्र यत् प्रीतिसंयुक्तं काये मनसि वा भवेत्।
वर्तते सात्त्विको भाव इत्याचक्षीत तत् तथा ॥ ३१ ॥

जब शरीर या मनमें किसी प्रकारसे भी प्रसन्नताका भाव हो, तब उसे कहना चाहिये कि सात्त्विकभावका उदय हुआ है ॥

अथ यद् दुःखसंयुक्तमप्रीतिकरमात्मनः।
प्रवृत्तं रज इत्येव तन्न संरभ्य चिन्तयेत् ॥ ३२ ॥

जब अपने मनमें दुःखसे युक्त अप्रसन्नताका भाव जाग्रत् हो, तब यह समझना चाहिये कि रजोगुणकी प्रवृत्ति हुई है। अतः उस दुःखको पाकर मनमें चिन्ता न करे (क्योंकि चिन्तासे दुःख और बढ़ता है) ॥ ३२ ॥

अथ यन्मोहसंयुक्तमव्यक्तविषयं भवेत्।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं तमस्तदुपधारयेत् ॥ ३३ ॥

जब मनमें कोई मोहयुक्तभाव पैदा हो और किसी भी इन्द्रियका विषय स्पष्ट ज्ञान न पड़े, उसके विषयमें कोई तर्क भी काम न करे और वह किसी तरह समझमें न आवे, तब यही निश्चय करना चाहिये कि तमोगुणकी वृद्धि हुई है।

प्रहर्षः प्रीतिरानन्दः सुखं संशान्तचित्तता।
कथंचिदभिवर्तन्त इत्येते सात्त्विका गुणाः ॥ ३४ ॥

जब मनमें किसी प्रकार भी अत्यन्त हर्ष, प्रेम, आनन्द, सुख और शान्तिका अनुभव हो रहा हो, तब इन गुणोंको सात्त्विक समझना चाहिये ॥ ३४ ॥

अतुष्टिः परितापश्च शोको लोभस्तथाक्षमा।
लिङ्गानि रजसस्तानि दृश्यन्ते हेत्वहेतुभिः ॥ ३५ ॥

जिस समय किसी कारणसे या बिना कारण ही असंतोष, शोक, संताप, लोभ और असहनशीलताके भाव दिखायी दें तो उन्हें रजोगुणका चिह्न जानना चाहिये ॥ ३५ ॥

अवमानस्तथा मोहः प्रमादः स्वप्नतन्द्रिता।
कथंचिदभिवर्तन्ते विविधास्तामसा गुणाः ॥ ३६ ॥

इसी प्रकार जब अपमान, मोह, प्रमाद, स्वप्न, निद्रा और आलस्य आदि दोष किसी तरह भी घेरते हों तो उन्हें तमोगुणके ही विविध रूप समझे ॥ ३६ ॥

दूरगं बहुधागामि प्रार्थनासंशयात्मकम्।
मनः सुनियतं यस्य स सुखी प्रेत्य चेह च ॥ ३७ ॥

जिसका दूरतक दौड़ लगानेवाला और अनेक विषयोंकी ओर जानेवाला कामनायुक्त संशयात्मक मन अच्छी तरह वशमें हो जाता है, वह मनुष्य इहलोकमें तथा मरनेके बाद परलोकमें भी सुखी होता है ॥ ३७ ॥

सत्त्वक्षेत्रज्ञयोरेतदन्तरं पश्य सूक्ष्मयोः।
सृजते तु गुणानेक एको न सृजते गुणान् ॥ ३८ ॥

बुद्धि और आत्मा—ये दोनों ही सूक्ष्म [illegible] हैं तथापि इनमें बड़ा भारी अन्तर है। तुम इस अन्तरपर दृष्टिपात करो। इनमें बुद्धि तो गुणोंकी सृष्टि करती है और आत्मा गुणोंकी सृष्टिसे अलग रहता है ॥ ३८ ॥

मशकोदुम्बरौ वापि सम्प्रयुक्तौ यथा सदा।
अन्योन्यमेतौ स्यातां च सम्प्रयोगस्तथा तयोः ॥ ३९ ॥

जैसे गूलरका फल और उसके भीतर रहनेवाले कीड़े एक साथ रहते हुए भी एक दूसरेसे अलग हैं, उसी प्रकार बुद्धि और आत्मा दोनोंका एक साथ रहना और भिन्न-भिन्न होना समझना चाहिये ॥ ३९ ॥

पृथग्भूतौ प्रकृत्या तौ सम्प्रयुक्तौ च सर्वदा।
यथा मत्स्यो जलं चैव सम्प्रयुक्तौ तथैव तौ ॥ ४० ॥

वे दोनों स्वभावसे ही अलग-अलग हैं तो भी सदा एक दूसरेसे मिले रहते हैं। ठीक वैसे ही, जैसे मछली और जल एक दूसरेसे पृथक् होकर भी परस्पर संयुक्त रहते हैं। यही स्थिति बुद्धि और आत्माकी भी है ॥ ४० ॥

न गुणा विदुरात्मानं स गुणान् वेत्ति सर्वशः।
परिद्रष्टा गुणानां तु संसृष्टान्मन्यते तथा ॥ ४१ ॥

सत्त्व आदि गुण जड होनेके कारण आत्माको नहीं जानते; किंतु आत्मा चेतन है, इसलिये वह गुणोंको सब प्रकारसे जानता है। यद्यपि आत्मा गुणोंका साक्षी है, अतः उनसे सर्वथा भिन्न है तो भी वह अपनेको उन गुणोंसे संयुक्त मानता है ॥

इन्द्रियैस्तु प्रदीपार्थं कुरुते बुद्धिसप्तमैः।
निर्विचेष्टैरजानद्भिः परमात्मा प्रदीपवत् ॥ ४२ ॥

जैसे घड़ेमें रक्खा हुआ दीपक घड़ेके छेदोंसे अपना प्रकाश फैलाकर वस्तुओंका ज्ञान कराता है, उसी प्रकार परमात्मा शरीरके भीतर स्थित होकर चेष्टा और ज्ञानसे शून्य इन्द्रियों तथा मन-बुद्धि इन सातोंके द्वारा सम्पूर्ण पदार्थोंका अनुभव कराता है ॥ ४२ ॥

सृजते हि गुणान् सत्त्वं क्षेत्रज्ञः परिपश्यति।
सम्प्रयोगस्तयोरेष सत्त्वक्षेत्रज्ञयोर्ध्रुवः ॥ ४३ ॥

बुद्धि गुणोंकी सृष्टि करती है और आत्मा साक्षी बनकर देखता रहता है। उन बुद्धि और आत्माका यह संयोग अनादि है ॥

आश्रयो नास्ति सत्त्वस्य क्षेत्रज्ञस्य च कश्चन।
सत्त्वं मनः संसृजते न गुणान् वै कदाचन ॥ ४४ ॥

बुद्धिका परमात्माके सिवा दूसरा कोई आश्रय नहीं है और क्षेत्रज्ञका भी कोई दूसरा आश्रय नहीं है बुद्धि। मनसे ही घनिष्ठ सम्बन्ध रखती है। गुणोंके साथ उसका साक्षात् सम्पर्क कदापि नहीं होता ॥ ४४ ॥

रश्मींस्तेषां स मनसा यदा सम्यङ्नियच्छति।
तदा प्रकाशतेऽस्यात्मा घटे दीपो ज्वलन्निव ॥ ४५ ॥

जब जीव बुद्धिरूपी सारथि और मनरूपी बागडोरद्वारा इन्द्रियरूपी अश्वोंको अच्छी तरह काबूमें रखता है,

तब घड़ेमें रक्खे हुए प्रज्वलित दीपकके समान अपने भीतर ही उसका आत्मा प्रकाशित होने लगता है ॥ ४५ ॥

त्यक्त्वा यः प्राकृतं कर्म नित्यमात्मरतिर्मुनिः ।
सर्वभूतात्मभूतस्तस्मात् स गच्छेदुत्तमां गतिम् ॥ ४६ ॥

जो सांसारिक कर्मोंका परित्याग करके सदा अपने-आपमें ही अनुरक्त रहता है, वह मननशील मुनि सम्पूर्ण भूतोंका आत्मा होकर परम गतिको प्राप्त होता है ॥ ४६ ॥

यथा वारिचरः पक्षी सलिलेन न लिप्यते ।
एवमेव कृतप्रज्ञो भूतेषु परिवर्तते ॥ ४७ ॥

[illegible] जलचर पक्षी जलसे लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार विशुद्धबुद्धि ज्ञानी पुरुष निर्लिप्त रहकर ही सम्पूर्ण भूतोंमें विचरता है ॥ ४७ ॥

एवं स्वभावमेवैतत् स्वबुद्ध्या विहरेन्नरः ।
अशोचन्नप्रहृष्यंश्च समो विगतमत्सरः ॥ ४८ ॥

यह आत्मतत्त्व ऐसा ही निर्लिप्त एवं शुद्ध-बुद्धिस्वरूप है; ऐसा अपनी बुद्धिके द्वारा निश्चय करके ज्ञानी पुरुष हर्ष, शोक और मात्सर्य-दोषसे रहित हो सर्वत्र [illegible] रखते हुए विचरे ॥ ४८ ॥

स्वभावयुक्त्या युक्तस्तु स नित्यं सृजते गुणान् ।
ऊर्णनाभिर्यथा सूत्रं विज्ञेयास्तन्तुवद् गुणाः ॥ ४९ ॥

आत्मा अपने स्वरूपमें स्थित रहकर ही [illegible] गुणोंकी सृष्टि करता है । ठीक उसी तरह, जैसे मकड़ी अपने स्वरूपमें स्थित रहती हुई ही जाला बनाती है । मकड़ीके जालेके ही समान समस्त गुणोंकी सत्ता समझनी चाहिये ॥ ४९ ॥

प्रध्वस्ता न निवर्तन्ते निवृत्तिर्नोपलभ्यते ।
प्रत्यक्षेण परोक्षं तदनुमानेन सिध्यति ॥ ५० ॥
एवमेकेऽध्यवस्यन्ति निवृत्तिरिति चापरे ।
उभयं सम्प्रधार्यैतद् व्यवस्येत यथामति ॥ ५१ ॥

आत्मसाक्षात् हो जानेपर गुण [illegible] हो जाते हैं तो भी सर्वथा निवृत्त नहीं होते हैं; क्योंकि उनकी निवृत्ति प्रत्यक्ष नहीं देखी जाती है । जो परोक्ष वस्तु है, उसकी सिद्धि अनुमानसे होती है । एक श्रेणीके विद्वानोंका ऐसा ही निश्चय है । दूसरे लोग यह मानते हैं कि गुणोंकी सर्वथा निवृत्ति हो जाती है । इन दोनों मतोंपर भलीभाँति विचार करके अपनी बुद्धिके अनुसार यथार्थ वस्तुका निश्चय करना चाहिये ॥

इतीमं हृदयग्रन्थिं बुद्धिभेदमयं दृढम् ।
विमुच्य सुखमासीत न शोचेच्छिन्नसंशयः ॥ ५२ ॥

बुद्धिके द्वारा कल्पित हुआ जो भेद है, वही हृदयकी सुदृढ गाँठ है । उसे खोलकर संशयरहित हो ज्ञानवान् पुरुष सुखसे रहे, कदापि शोक न करे ॥ ५२ ॥

मलिनाः प्राप्नुयुः शुद्धिं यथा पूर्णां नदीं नराः ।
अवगाह्य सुविद्वांसो विद्धि ज्ञानमिदं तथा ॥५३॥

जैसे मैले शरीरवाले मनुष्य जलसे भरी हुई नदीमें नहा-धोकर साफ-सुथरे हो जाते हैं, उसी प्रकार इस ज्ञानमयी नदीमें अवगाहन करके मलिन-चित्त मनुष्य भी शुद्ध एवं ज्ञान-सम्पन्न हो जाते हैं; ऐसा जानो ॥ ५३ ॥

महानद्या हि पारज्ञस्तप्यते न तदन्यथा ।
[illegible] तु तप्यति तत्त्वज्ञः फले ज्ञाते तरत्युत ॥ ५४ ॥

किसी महानदीके पारको जाननेवाला पुरुष केवल जानने मात्रसे कृतकृत्य नहीं होता । जबतक वह नौका आदिके द्वारा वहाँ पहुँच न जाय, तबतक वह चिन्तामें संतप्त ही रहता है; परंतु तत्त्वज्ञ पुरुष ज्ञानमात्रसे ही संसार सागरसे पार हो जाता है, उसे संताप नहीं होता; क्योंकि यह ज्ञान [illegible] ही पुलस्वरूप है ॥ ५४ ॥

एवं ये विदुराध्यात्मं केवलं ज्ञानमुत्तमम् ॥ ५५ ॥
एतां बुद्ध्वा नरः सर्वां भूतानामागतिं गतिम् ।
अवेक्ष्य च शनैर्बुद्ध्या लभते शमनं ततः ॥ ५६ ॥

जो मनुष्य बुद्धिसे जीवोंके इस आवागमनपर शनैः शनैः विचार करके उस विशुद्ध एवं उत्तम आध्यात्मिक ज्ञानको प्राप्त कर लेता है, वह परम शान्ति पाता है ॥ ५५-५६ ॥

त्रिवर्गो यस्य विदितः प्रेक्ष्य यश्च विमुञ्चति ।
अन्विष्य मनसा युक्तस्तत्त्वदर्शी निरुत्सुकः ॥ ५७ ॥

जिसे धर्म, अर्थ और काम—इन तीनोंका ठीक ठीक [illegible] है, जो खूब सोच-समझकर उनका परित्याग कर चुका है और जिसने मनके द्वारा आत्मतत्त्वका अनुसंधान करके योगयुक्त हो, आत्मासे भिन्न वस्तुके लिये उत्सुकताका त्याग कर दिया है, वही तत्त्वदर्शी है ॥ ५७ ॥

[illegible] चात्मा शक्यते द्रष्टुमिन्द्रियैश्च विभागशः ।
तत्र तत्र विसृष्टैश्च दुर्वार्यैश्चाकृतात्मभिः ॥ ५८ ॥

जिन्होंने अपने मनको वशमें नहीं किया है, वे भिन्न भिन्न विषयोंकी ओर प्रेरित हुई दुर्निवार्य इन्द्रियोंद्वारा आत्माका साक्षात्कार नहीं कर सकते ॥ ५८ ॥

एतद् बुद्ध्वा भवेद् बुद्धः किमन्यद् बुद्धलक्षणम् ।
विज्ञाय तद्धि मन्यन्ते कृतकृत्या मनीषिणः ॥ ५९ ॥

यह जानकर मनुष्य ज्ञानी हो जाता है । ज्ञानीका इसके सिवा और क्या लक्षण है? क्योंकि मनीषी पुरुष उस परमात्म तत्त्वको जानकर ही अपनेको कृतकृत्य मानते हैं ॥ ५९ ॥

[illegible] भवति विदुषां ततो भयं
यदविदुषां सुमहद् भयं भवेत् ।
न हि गतिरधिकास्ति कस्यचित्
सति हि गुणे प्रवदन्त्यतुल्यताम् ॥ ६० ॥

अज्ञानियोंके लिये जो महान् भयका स्थान है, उसी संसारसे ज्ञानी पुरुषोंको भय नहीं होता । ज्ञान [illegible] सबको एक-सी ही गति (मुक्ति) प्राप्त होती है । किसी [illegible] उत्कृष्ट या निकृष्ट गति नहीं मिलती; क्योंकि गुणोंका [illegible] रहनेपर ही उनके तारतम्यके अनुसार प्राप्त होनेवाली गतिमें

भी असमानता बतायी जाती है (ज्ञानीका गुणोंसे सम्बन्ध नहीं रहता) ॥ ६० ॥

यः करोत्यनभिसंधिपूर्वकं
कर्म निर्णुदति यत्पुराकृतम् ।
नाप्रियं तदुभयं कुतः प्रियं
तस्य तज्जनयतीह सर्वतः ॥ ६१ ॥

जो निष्काम भावसे कर्म करता है, उसका वह कर्म पहलेके किये हुए समस्त कर्म-संस्कारोंका नाश कर देता है। पूर्वजन्म और इस जन्मके किये हुए वे दोनों प्रकारके कर्म उस पुरुषके लिये न तो अप्रिय फल उत्पन्न करते हैं और न तो प्रिय फलके ही जनक होते हैं (क्योंकि कर्तापनके अभिमान और फलकी आसक्तिसे शून्य होनेके कारण उनका उन कर्मोंसे सम्बन्ध नहीं रह जाता) ॥ ६१ ॥

लोकमातुरमसूयते जन-
स्तस्य तज्जनयतीह सर्वतः ॥ ६२ ॥

जो काम, क्रोध आदि दुर्व्यसनोंसे आतुर रहता है, उसे विचारवान् पुरुष धिक्कारते हैं। उसके निन्दनीय कर्म उस आतुर मानवको सभी योनियों (पशु-पक्षी आदिके शरीरों) में [illegible] दिलाता है ॥ ६२ ॥

लोक आतुरजनान् विराविण-
स्तत्तदेव बहु पश्य शोचतः ।
तत्र पश्य कुशलानशोचतो
ये विदुस्तदुभयं पदं सताम् ॥ ६३ ॥

लोकमें भोगासक्तिके कारण आतुर रहनेवाले लोग स्त्री, पुत्र आदिके नाश होनेपर उनके लिये बहुत शोक करते और फूट-फूटकर रोते हैं। तुम उनकी इस दुर्दशाको देख लो। साथ ही, जो सारासार-विवेकमें कुशल हैं और सत्पुरुषों-को प्राप्त होनेवाले दो प्रकारके पदको अर्थात् सगुण-उपासना और निर्गुण-उपासनाके फलको जानते हैं, वे कभी शोक नहीं करते हैं। उनकी अवस्थापर भी दृष्टिपात कर लो (फिर तुम्हें अपने लिये जो हितकर दिखायी दे, उसी [illegible] आश्रय लो) ॥ ६३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि अध्यात्मकथने चतुर्नवत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १९४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें अध्यात्मतत्त्वका वर्णनविषयक एक सौ चौरानबेवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ १९४ ॥

पञ्चनवत्यधिकशततमोऽध्यायः

ध्यानयोगका वर्णन

भीष्म उवाच

हन्त वक्ष्यामि ते पार्थ ध्यानयोगं चतुर्विधम् ।
यं [illegible] शाश्वतीं सिद्धिं गच्छन्तीह महर्षयः ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—कुन्तीनन्दन ! अब [illegible] तुमसे ध्यानयोगका वर्णन करूँगा, जो आलम्बनके भेदसे चार प्रकार-[illegible] होता है। जिसे जानकर महर्षिगण यहीं सनातन सिद्धि-को प्राप्त करते हैं ॥ [illegible] ॥

यथा स्वनुष्ठितं ध्यानं तथा कुर्वन्ति योगिनः ।
महर्षयो ज्ञानतृप्ता निर्वाणगतमानसाः ॥ २ ॥

निर्वाणस्वरूप मोक्षमें मन लगानेवाले ज्ञानतृप्त योगयुक्त महर्षिगण उसी उपायका अवलम्बन करते हैं, जिससे ध्यानका भलीभाँति अनुष्ठान हो सके ॥ २ ॥

नावर्तन्ते पुनः पार्थ मुक्ताः संसारदोषतः ।
जन्मदोषपरिक्षीणाः स्वभावे पर्यवस्थिताः ॥ ३ ॥

कुन्तीनन्दन ! वे संसारके काम, क्रोध आदि दोषोंसे मुक्त तथा जन्मसम्बन्धी दोषसे शून्य होकर परमात्माके स्वरूपमें स्थित हो जाते हैं, इसलिये पुनः इस संसारमें उन्हें नहीं लौटना पड़ता [illegible] ३ ॥

निर्द्वन्द्वा नित्यसत्त्वस्था विमुक्ता नियमस्थिताः
असङ्गान्यविवादीनि मनःशान्तिकराणि च ॥ ४ ॥
तत्र ध्यानेन संश्लिष्टमेकाग्रं धारयेन्मनः ।
पिण्डीकृत्येन्द्रियग्राममासीनः काष्ठवन्मुनिः ॥ ५ ॥

ध्यानयोगके साधकोंको चाहिये कि सर्दी-गर्मी आदि द्वन्द्वोंसे रहित, नित्य सत्त्वगुणमें स्थित, सब प्रकारके दोषोंसे रहित और शौच-संतोषादि नियमोंमें तत्पर रहें। जो स्थान असङ्ग ([illegible] प्रकारके भोगोंके सङ्गसे शून्य), ध्यानविरोधी वस्तुओंसे रहित तथा मनको शान्ति देनेवाले हों, वहीं इन्द्रियोंको विषयोंकी ओरसे समेटकर काठकी भाँति स्थिरभावसे बैठ जाय और मनको एकाग्र करके परमात्माके ध्यानमें लगा दे ॥ ४-५ ॥

शब्दं न विन्देच्छ्रोत्रेण स्पर्शं त्वचा न वेदयेत् ।
रूपं न चक्षुषा विद्याज्जिह्वया [illegible] रसांस्तथा ॥ ६ ॥
घ्रेयाण्यपि [illegible] सर्वाणि जह्याद् ध्यानेन योगवित् ।
पञ्चवर्गप्रमाथीनि नेच्छेच्चैतानि वीर्यवान् ॥ [illegible] ॥

योगको जाननेवाले समर्थ पुरुषको चाहिये कि कानोंके द्वारा शब्द न सुने, त्वचासे स्पर्शका अनुभव न करे, आँखसे रूपको न देखे और जिह्वासे रसोंको ग्रहण न करे एवं ध्यानके द्वारा समस्त सूँघने योग्य वस्तुओंको भी त्याग दे तथा पाँचों इन्द्रियोंको मथ डालनेवाले इन विषयोंकी कभी मनसे भी इच्छा न करे ॥ ६-७ ॥

ततो मनसि संगृह्य पञ्चवर्गं विचक्षणः ।

समादध्यान्मनो भ्रान्तमिन्द्रियैः सह पञ्चभिः ॥ ८ ॥

तत्पश्चात् बुद्धिमान् एवं विद्वान् पुरुष पाँचों इन्द्रियोंको मनमें स्थिर करे। उसके बाद पाँचों इन्द्रियोंसहित चञ्चल मनको परमात्माके ध्यानमें एकाग्र करे ॥ ८ ॥

विसंचारि निरालम्बं पञ्चद्वारं चलाचलम्।
पूर्वे ध्यानपथे धीरः समादध्यान्मनोऽन्तरा ॥ ९ ॥

मन नाना प्रकारके विषयोंमें विचरण करनेवाला है। उसका कोई स्थिर आलम्बन नहीं है। पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ उसके इधर-उधर निकलनेके द्वार हैं तथा वह अत्यन्त चञ्चल है। ऐसे मनको धीर योगी पुरुष पहले अपने हृदयके भीतर ध्यानमार्गमें एकाग्र करे ॥ ९ ॥

इन्द्रियाणि मनश्चैव यदा पिण्डीकरोत्ययम्।
एष ध्यानपथः पूर्वो मया समनुवर्णितः ॥ १० ॥

जब यह योगी इन्द्रियोंसहित मनको एकाग्र कर लेता है, तभी उसके प्रारम्भिक ध्यानमार्गका आरम्भ होता है। युधिष्ठिर! यह मैंने तुम्हारे निकट प्रथम ध्यानमार्गका वर्णन किया है ॥ १० ॥

तस्य तत् पूर्वसंरुद्धमात्मनः षष्ठमान्तरम्।
स्फुरिष्यति समुद्भ्रान्ता विद्युदम्बुधरे यथा ॥ ११ ॥

इस प्रकार प्रयत्न करनेसे जो इन्द्रियोंसहित मन कुछ देरके लिये स्थिर हो जाता है, वही फिर अवसर पाकर जैसे बादलोंमें बिजली चमक उठती है, उसी प्रकार पुनः बारंबार विषयोंकी ओर जानेके लिये चञ्चल हो [illegible] है ॥ ११ ॥

जलबिन्दुर्यथा लोलः पर्णस्थः सर्वतश्चलः।
एवमेवास्य चित्तं च भवति ध्यानवर्त्मनि ॥ १२ ॥

जैसे पत्तेपर पड़ी हुई पानीकी बूँद सब ओरसे हिलती रहती है, उसी प्रकार ध्यानमार्गमें स्थित साधकका मन भी प्रारम्भमें चञ्चल होता रहता है ॥ १२ ॥

समाहितं क्षणं किञ्चिद् ध्यानवर्त्मनि तिष्ठति।
पुनर्वायुपथं भ्रान्तं मनो भवति वायुवत् ॥ १३ ॥

एकाग्र करनेपर कुछ देर तो वह ध्यानमें स्थित रहता है; परंतु फिर नाड़ी मार्गमें पहुँचकर भ्रान्त-सा होकर वायुके समान चञ्चल हो उठता है ॥ १३ ॥

अनिर्वेदो गतक्लेशो गततन्द्रिरमत्सरी।
समादध्यात् पुनश्चेतो ध्यानेन ध्यानयोगवित् ॥ १४ ॥

ध्यानयोगको जाननेवाला साधक ऐसे विक्षेपके समय खेद या क्लेशका अनुभव न करे; अपितु आलस्य और मात्सर्यका त्याग करके ध्यानके द्वारा मनको पुनः एकाग्र करनेका प्रयत्न करे ॥ १४ ॥

विचारश्च विवेकश्च वितर्कश्चोपजायते।
मुनेः समादधानस्य प्रथमं ध्यानमादितः ॥ १५ ॥

योगी जब ध्यानका आरम्भ करता है, तब पहले उसके मनमें ध्यानविषयक विचार, विवेक और वितर्क आदि प्रकट होते हैं ॥ १५ ॥

मनसा क्लिश्यमानस्तु समाधानं च कारयेत्।
न निर्वेदं मुनिर्गच्छेत् कुर्यादेवात्मनो हितम् ॥ १६ ॥

ध्यानके समय मनमें कितना ही क्लेश क्यों न हो, साधकको उससे ऊबना नहीं चाहिये; बल्कि और भी तत्परता के साथ मनको एकाग्र करनेका प्रयत्न करना चाहिये। ध्यानयोगी मुनिको सर्वथा अपने कल्याणका ही प्रयत्न करना चाहिये ॥ १६ ॥

पांसुभस्मकरीषाणां यथा वै राशयश्चिताः।
सहसा वारिणा सिक्ता न यान्ति परिभावनम् ॥ १७ ॥
किञ्चित् स्निग्धं [illegible] च स्याच्छुष्कचूर्णमभावितम्।
क्रमशस्तु शनैर्गच्छेत् सर्वं तत्परिभावनम् ॥ १८ ॥
एवमेवेन्द्रियग्रामं शनैः सम्परिभावयेत्।
संहरेत् क्रमशश्चैव स सम्यक् प्रशमिष्यति ॥ १९ ॥

जैसे धूलि, भस्म और सूखे गोबरके चूर्णकी अलग [illegible] इकट्ठी की हुई ढेरियोंपर [illegible] छिड़का जाय तो वे सहसा जलसे भीगकर इतनी तरल नहीं हो सकतीं कि उनके द्वारा कोई आवश्यक कार्य किया जा सके; क्योंकि बार बार भिगोये बिना वह सूखा चूर्ण थोड़ा सा भीगता है, पूरा नहीं भीगता; परंतु उसको यदि बार-बार जल देकर क्रमसे भिगोया जाय तो धीरे-धीरे वह सब गीला हो जाता है, उसी प्रकार योगी विषयोंकी ओर बिखरी हुई इन्द्रियोंको धीरे-धीरे विषयों की ओरसे समेटे और चित्तको ध्यानके अभ्याससे क्रमशः स्नेहयुक्त बनावे। ऐसा करनेपर वह चित्त भलीभाँति शान्त हो जाता है ॥ १७—१९ ॥

स्वयमेव मनश्चैवं पञ्चवर्गं च भारत।
पूर्वं ध्यानपथे स्थाप्य नित्ययोगेन शाम्यति ॥ २० ॥

भरतनन्दन! ध्यानयोगी पुरुष स्वयं ही मन और पाँचों इन्द्रियोंको पहले ध्यानमार्गमें स्थापित करके नित्य किये हुए योगाभ्यासके बलसे शान्ति प्राप्त कर लेता है ॥ २० ॥

[illegible] तत्पुरुषकारेण [illegible] च दैवेन केनचित्।
सुखमेष्यति तत् [illegible] यदेवं संयतात्मनः ॥ २१ ॥

इस प्रकार मनोनिग्रहपूर्वक ध्यान करनेवाले योगीको जो दिव्य सुख प्राप्त होता है, वह मनुष्यको किसी दूसरे पुरुषार्थसे या दैवयोगसे भी नहीं मिल सकता ॥ २१ ॥

सुखेन तेन संयुक्तो रंस्यते ध्यानकर्मणि।
गच्छन्ति योगिनो ह्येवं निर्वाणं तन्निरामयम् ॥ २२ ॥

[illegible] ध्यानजनित सुखसे सम्पन्न होकर योगी उस ध्यानयोगमें अधिकाधिक अनुरक्त होता जाता है। इस [illegible] योगीलोग दुःख-शोकसे रहित निर्वाण (मोक्ष) पदको प्राप्त हो जाते हैं ॥ २२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि ध्यानयोगकथने पञ्चनवत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १९५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें ध्यानयोगका वर्णनविषयक एक सौ पञ्चानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १९५ ॥

षण्णवत्यधिकशततमोऽध्यायः

जपयज्ञके विषयमें युधिष्ठिरका प्रश्न, उसके उत्तरमें [illegible] और ध्यानकी महिमा और उसका फल

युधिष्ठिर उवाच

चातुराश्रम्यमुक्तं ते राजधर्मास्तथैव च ।
[illegible] बहव इतिहासाः पृथग्विधाः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! आपने चार आश्रमों तथा राजधर्मोंका वर्णन किया एवं अनेकानेक विषयोंसे सम्बन्ध रखनेवाले बहुत-से भिन्न-भिन्न इतिहास भी सुनाये ॥ १ ॥

श्रुतास्त्वत्तः कथाश्चैव धर्मयुक्ता महामते ।
संदेहोऽस्ति [illegible] कश्चिन्मे तद् भवान् वक्तुमर्हति ॥ २ ॥

महामते ! मैंने आपके मुखसे अनेक धर्मयुक्त कथाएँ सुनी हैं; फिर भी मेरे मनमें एक संदेह रह गया है, उसे [illegible] मुझे बतानेकी कृपा करें ॥ २ ॥

जापकानां फलावाप्तिं श्रोतुमिच्छामि [illegible] ।
किं फलं जपतामुक्तं क वा तिष्ठन्ति [illegible] ॥ ३ ॥

भरतनन्दन ! अब मैं यह सुनना चाहता हूँ कि जप करनेवालोंको फलकी प्राप्ति कैसे होती है ? जापकोंके जपका [illegible] क्या बताया गया है अथवा जप करनेवाले पुरुष किन लोकोंमें स्थान पाते हैं ? ॥ ३ ॥

जप्यस्य च विधिं कृत्स्नं वक्तुमर्हसि मेऽनघ ।
जापका इति किं चैतत् सांख्ययोगक्रियाविधिः ॥ ४ ॥

अनघ ! आप मुझे जपकी सम्पूर्ण विधि भी बताइये । 'जापक' इस पदसे क्या तात्पर्य है ? क्या यह सांख्ययोग, ध्यानयोग अथवा क्रियायोगका अनुष्ठान है ? ॥ ४ ॥

किं यज्ञविधिरेवैष किमेतज्जप्यमुच्यते ।
एतन्मे सर्वमाचक्ष्व सर्वज्ञो ह्यसि मे मतः ॥ ५ ॥

अथवा यह जप भी कोई यज्ञकी ही विधि है ? जिसका [illegible] किया जाता है, वह क्या वस्तु है ? आप यह सारी बातें मुझे बताइये, क्योंकि आप मेरी मान्यताके अनुसार सर्वज्ञ हैं ॥ ५ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
यमस्य यत् पुरावृत्तं कालस्य ब्राह्मणस्य च ॥ ६ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! इस विषयमें विद्वान् पुरुष उस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, जो पूर्वकालमें यम, काल और ब्राह्मणके बीचमें घटित हुआ था ॥ ६ ॥

सांख्ययोगौ [illegible] यावुक्तौ मुनिभिर्मोक्षदर्शिभिः ।
संन्यास एव वेदान्ते वर्तते जपनं प्रति ॥ [illegible] ॥

मोक्षदर्शी मुनियोंने जो सांख्य और योगका वर्णन किया है, उनमेंसे वेदान्त (सांख्य) में तो जपका संन्यास (त्याग) ही बताया गया है ॥ ७ ॥

वेदवादाश्च निर्वृत्ताः शान्ता ब्रह्मण्यवस्थिताः ।
सांख्ययोगौ तु यावुक्तौ मुनिभिः समदर्शिभिः ॥ ८ ॥
मार्गौ तावप्युभावेतौ संश्रितौ न च संश्रितौ ।

उपनिषदोंके वाक्य निर्वृत्ति (परमानन्द), शान्ति तथा ब्रह्मनिष्ठताका बोध करानेवाले हैं (अतः वहाँ जपकी अपेक्षा नहीं है) । समदर्शी मुनियोंने जो सांख्य और योग बताये हैं, वे दोनों मार्ग चित्तशुद्धिके द्वारा ज्ञानप्राप्तिमें उपकारक होनेसे जपका आश्रय लेते हैं, नहीं भी लेते हैं ॥ ८½ ॥

[illegible] संश्रूयते राजन् कारणं [illegible] वक्ष्यते ॥ ९ ॥
मनःसमाधिरत्रापि तथेन्द्रियजयः स्मृतः ।

राजन् ! यहाँ जैसा कारण सुना जाता है, वैसा आगे बताया जायगा । सांख्य और योग—इन दोनों मार्गोंमें भी मनोनिग्रह और इन्द्रियसंयम आवश्यक माने गये हैं ॥ ९½ ॥

सत्यमग्निपरीचारो विविक्तानां च सेवनम् ॥ १० ॥
ध्यानं तपो दमः क्षान्तिरनसूया मिताशनम् ।
विषयप्रतिसंहारो मितजल्पस्तथा शमः ॥ ११ ॥
एष प्रवर्तको यज्ञो निवर्तकमथो शृणु ।
[illegible] निवर्तते कर्म जपतो ब्रह्मचारिणः ॥ १२ ॥

सत्य, अग्निहोत्र, एकान्तसेवन, ध्यान, तपस्या, दम, क्षमा, अनसूया, मिताहार, विषयोंका संकोच, मितभाषण तथा शम—यह प्रवर्तक यज्ञ है । अब निवर्तक यज्ञका वर्णन सुनो; जिसके अनुसार जप करनेवाले ब्रह्मचारी साधकके सारे कर्म निवृत्त हो जाते हैं (अर्थात् उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है) ॥ १०–१२ ॥

एतत् सर्वमशेषेण यथोक्तं परिवर्तयेत् ।
निवृत्तं मार्गमासाद्य व्यक्ताव्यक्तमनाश्रयम् ॥ १३ ॥

इन मनोनिग्रह आदि पूर्वोक्त सभी साधनोंका निष्काम-भावसे अनुष्ठान करके उन्हें प्रवृत्तिके विपरीत निवृत्तिमार्गमें बदल डाले । निवृत्तिमार्ग तीन तरहका है—व्यक्त, अव्यक्त और अनाश्रय, उस मार्गका आश्रय लेकर स्थिरचित्त हो [illegible] ॥ १३ ॥

कुशोच्चयनिषण्णः सन् कुशहस्तः कुशैः शिखी।
कुशैः परिवृतस्तस्मिन् मध्ये [illegible] कुशैस्तथा ॥ १४॥

निवृत्तिमार्गपर पहुँचनेकी विधि यह है—जपकर्ताको कुशासनपर बैठना चाहिये। उसे अपने हाथमें भी कुश रखना चाहिये। शिखामें भी कुश बाँध लेना चाहिये, वह कुशोंसे घिरकर बैठे और मध्यभागमें भी कुशोंसे आच्छादित रहे॥

विषयेभ्यो नमस्कुर्याद् विषयान्न च भावयेत्।
साम्यमुत्पाद्य मनसा मनस्येव मनो दधत्॥ १५॥

विषयोंको दूरसे ही नमस्कार करे और कभी उनका अपने मनमें चिन्तन न करे। मनसे समताकी भावना करके मनका मनमें ही [illegible] करे॥ १५॥

तद् धिया ध्यायति [illegible] जपन् वै संहिताम् हिताम्।
संन्यस्यत्यथवा तां वै समाधौ पर्यवस्थितः॥ १६॥

फिर बुद्धिके द्वारा परब्रह्म परमात्माका ध्यान करे तथा सर्व-हितकारिणी वेदसंहिताका एवं प्रणव और गायत्री मन्त्रका जप करे। फिर समाधिमें स्थित होनेपर उस संहिता एवं गायत्री मन्त्र आदिके जपको भी त्याग दे॥ १६॥

ध्यानमुत्पादयत्यत्र संहितावलसंश्रयात्।
शुद्धात्मा तपसा दान्तो निवृत्तद्वेषकामवान्॥ १७॥
अरागमोहो निर्द्वन्द्वो न शोचति न सज्जते।
न कर्ता कारणानां च न कार्याणामिति स्थितिः॥ १८॥

संहिताके जपसे जो बल प्राप्त होता है, उसका आश्रय लेकर साधक अपने ध्यानको सिद्ध कर लेता है। वह शुद्धचित्त होकर तपके द्वारा मन और इन्द्रियोंको जीत लेता है तथा द्वेष और कामनासे रहित एवं आसक्ति और मोहसे रहित हुआ शीत और उष्ण आदि समस्त द्वन्द्वोंसे अतीत हो जाता है। अतः वह न तो कभी शोक करता है और न कहीं भी आसक्त होता है। वह कर्मोंका कारण और कार्यका कर्ता नहीं होता (अर्थात् अपनेमें कर्तापनका अभिमान नहीं लाता है)॥ १७-१८॥

न चाहङ्कारयोगेन मनः प्रस्थापयेत् क्वचित्।
न चार्थग्रहणे युक्तो नावमानी न चाक्रियः॥ १९॥

वह अहंकारसे युक्त होकर कहीं भी अपने मनको नहीं लगाता है। वह न तो स्वार्थ-साधनमें संलग्न होता है, न किसीका अपमान करता है और न अकर्मण्य होकर ही बैठता है॥ १९॥

ध्यानक्रियापरो युक्तो ध्यानवान् ध्याननिश्चयः।
ध्याने समाधिमुत्पाद्य तदपि त्यजति क्रमात्॥ २०॥

वह ध्यानरूप क्रियामें ही नित्य तत्पर रहता है, ध्याननिष्ठ हो ध्यानके द्वारा ही तत्त्वका निश्चय कर लेता है, ध्यानमें समाधिस्थ होकर क्रमशः ध्यानरूप क्रियाका भी त्याग कर देता है॥ २०॥

[illegible] वै तस्यामवस्थायां सर्वत्यागकृतः सुखम्।
निरिच्छस्त्यजति प्राणान् ब्राह्मीं संविशते तनुम्॥ २१॥

वह उस अवस्थामें स्थित हुआ योगी निस्संदेह सर्वत्यागरूप निर्बीज समाधिसे प्राप्त होनेवाले दिव्य परमानन्दका अनुभव करता है। वह योगजनित अणिमा आदि सिद्धियोंकी भी इच्छा न रखकर सर्वथा निष्काम हो प्राणोंका परित्याग [illegible] देता है और विशुद्ध परब्रह्म परमात्माके स्वरूपमें प्रवेश कर जाता है॥ २१॥

[illegible] नेच्छते [illegible] ब्रह्मकायनिषेवणम्।
उत्क्रामति [illegible] मार्गस्थो नैव [illegible] जायते॥ २२॥

अथवा यदि वह परब्रह्मका सायुज्य नहीं प्राप्त करना चाहता तो देवयानमार्गपर स्थित हो ऊपरके लोकोंमें गमन करता है अर्थात् परब्रह्म परमात्माके परम धाममें चला जाता है। पुनः इस संसारमें कहीं जन्म नहीं लेता॥ २२॥

आत्मबुद्ध्या समास्थाय शान्तीभूतो निरामयः।
अमृतं विरजः शुद्धमात्मानं प्रतिपद्यते॥ २३॥

आत्मस्वरूपका बोध हो जानेसे वह रजोगुणसे रहित निर्मल शान्तस्वरूप योगी अमृतस्वरूप विशुद्ध आत्माको प्राप्त होता है॥ २३॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि जापकोपाख्याने षण्णवत्यधिकशततमोऽध्यायः॥ १९६॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें जापकका उपाख्यानविषयक एक सौ छानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ १९६॥

सप्तनवत्यधिकशततमोऽध्यायः

जापकमें दोष आनेके [illegible] उसे नरककी प्राप्ति

युधिष्ठिर उवाच

गतीनामुत्तमा प्राप्तिः कथिता जापकेष्विह।
एकैवैषा गतिस्तेषामुत यान्त्यपरामपि॥ १॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! आपने यहाँ जापकोंके लिये गतियोंमें उत्तम गतिकी प्राप्ति बतायी है। क्या उनके लिये एकमात्र यही गति है? या वे किसी दूसरी गतिको भी प्राप्त होते हैं?॥ १॥

भीष्म उवाच

शृणुष्वावहितो राजन् जापकानां गतिं विभो।
[illegible] गच्छन्ति निरयाननेकान् पुरुषर्षभ॥ २॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! तुम सावधान होकर जापकोंकी गतिका वर्णन सुनो। प्रभो! पुरुषप्रवर! अब मैं यह बता रहा हूँ कि वे किस तरह नाना प्रकारके नरकोंमें पड़ते हैं* ॥ २ ॥

यथोक्तपूर्वं पूर्वं यो नानुतिष्ठति जापकः।
एकदेशक्रियश्चात्र निरयं स च गच्छति ॥ ३ ॥

जो जापक जैसा पहले बताया गया है, उसी तरह नियमोंका ठीक-ठीक पालन नहीं करता, एकदेशका ही अनुष्ठान करता है अर्थात् किसी एक ही नियमका पालन करता है, वह नरकमें पड़ता है ॥ ३ ॥

अवमानेन कुरुते न प्रीयति न हृष्यति।
ईदृशो जापको याति निरयं नात्र संशयः ॥ ४ ॥

जो अवहेलनापूर्वक जप करता है, उसके प्रति प्रेम या प्रसन्नता नहीं प्रकट करता है, ऐसा जापक भी निःसंदेह नरकमें ही पड़ता है ॥ ४ ॥

अहङ्कारकृतश्चैव सर्वे निरयगामिनः।
परावमानी पुरुषो भविता निरयोपगः ॥ ५ ॥

जपके कारण अपनेमें बड़प्पनका अभिमान करनेवाले सभी जापक नरकगामी होते हैं। दूसरोंका अपमान करनेवाला जापक भी नरकमें ही पड़ता है ॥ ५ ॥

अभिध्यापूर्वकं जप्यं कुरुते यश्च मोहितः।
यत्राभिध्यां स कुरुते तं वै निरयमृच्छति ॥ ६ ॥

जो मोहित हो फलकी इच्छा रखकर जप करता है, वह जिस फलका चिन्तन करता है, उसीके उपयुक्त नरकमें पड़ता है ॥ ६ ॥

अथैश्वर्यप्रवृत्तेषु जापकस्तत्र रज्यते।
स एव निरयस्तस्य नासौ तस्मात् प्रमुच्यते ॥ ७ ॥

यदि जप करनेवाले साधकको अणिमा आदि ऐश्वर्य प्राप्त हों और वह उनमें अनुरक्त हो जाय तो वह ही उसके लिये नरक है, वह उससे छुटकारा नहीं पाता है ॥ ७ ॥

रागेण जापको जप्यं कुरुते तत्र मोहितः।
यत्रास्य रागः पतति तत्र तत्रोपपद्यते ॥ ८ ॥

जो जापक मोहके वशीभूत हो विषयासक्तिपूर्वक जप करता है, वह जिस फलमें उसकी आसक्ति होती है, उसीके अनुरूप शरीरको प्राप्त होता है। इस प्रकार उसका पतन हो जाता है ॥ ८ ॥

दुर्बुद्धिरकृतप्रज्ञश्चले मनसि तिष्ठति।
चलामेव गतिं याति निरयं वा नियच्छति ॥ ९ ॥

जिसकी बुद्धि भोगोंमें आसक्तिके कारण दूषित है तथा जो विवेकशील नहीं है, वह जापक यदि मनके चञ्चल रहते हुए ही जप करता है तो विनाशशील गतिको प्राप्त होता है अथवा नरकमें गिरता है अर्थात् विनाशशील या स्वर्गादि विचलित स्वभाववाले लोकोंको प्राप्त होता है या तिर्यक्-योनियोंमें जाता है ॥ ९ ॥

अकृतप्रज्ञको बालो मोहं गच्छति जापकः।
स मोहान्निरयं याति तत्र गत्वानुशोचति ॥ १० ॥

जो विवेकशून्य मूढ़ जापक मोहग्रस्त हो जाता है, वह उस मोहके कारण नरकमें गिरता है और उसमें गिरकर निरन्तर शोकमग्न रहता है ॥ १० ॥

दृढग्राही करोमीति जाप्यं जपति जापकः।
न सम्पूर्णो न संयुक्तो निरयं सोऽनुगच्छति ॥ ११ ॥

'मैं निश्चय ही जपका अनुष्ठान पूरा करूँगा,' ऐसा दृढ़ आग्रह रखकर जो जापक जपमें प्रवृत्त होता है, परंतु न तो उसमें अच्छी तरह संलग्न होता है और न उसे पूरा ही कर पाता है, वह नरकमें गिरता है ॥ ११ ॥

युधिष्ठिर उवाच

अनिवृत्तं परं यत्तदव्यक्तं ब्रह्मणि स्थितम्।
तद्भूतो जापकः कस्मात् स शरीरमिहाविशेत् ॥ १२ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—जो कभी निवृत्त न होनेवाला सनातन अव्यक्त ब्रह्म है, उस गायत्रीके जपमें स्थित रहनेवाला—एवं उससे भावित हुआ जापक किस कारणसे यहाँ शरीरमें प्रवेश करता है अर्थात् पुनर्जन्म ग्रहण करता है? ॥ १२ ॥

भीष्म उवाच

दुष्प्रज्ञानेन निरया बहवः समुदाहृताः।
प्रशस्तं जापकत्वं च दोषाश्चैते तदात्मकाः ॥ १३ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! काम आदिसे बुद्धि दूषित होनेके कारण ही उसके लिये बहुत-से नरकोंकी प्राप्ति अर्थात् नाना योनियोंमें जन्म ग्रहण करनेकी बात कही गयी है। जापक होना तो बहुत उत्तम है। वे उपर्युक्त राग आदि दोष तो उसमें दूषित बुद्धिके कारण ही आते हैं ॥ १३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि जापकोपाख्याने सप्तनवत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १९७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें जापकका उपाख्यानविषयक एक सौ सत्तानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ १९७ ॥

* इस प्रकरणमें पुनर्जन्मको ही नरकके नामसे कहा गया है। यह बात छठे और सातवें श्लोकके वर्णनसे स्पष्ट हो जाती है।

अष्टनवत्यधिकशततमोऽध्यायः

परमधामके अधिकारी जापकके लिये देवलोक भी नरक-तुल्य हैं—इसका प्रतिपादन

युधिष्ठिर उवाच

कीदृशं निरयं याति जापको वर्णयस्व मे।
कौतूहलं हि राजन् मे तद् भवान् वक्तुमर्हति॥ १॥

युधिष्ठिरने पूछा—दादाजी! जप करनेवालेको उसके दोषोंके कारण किस तरहके नरककी प्राप्ति होती है? यह मुझसे वर्णन कीजिये। राजन्! उसे जाननेके लिये मेरे मनमें बड़ा कौतूहल हो रहा है; अतः आप अवश्य बतावें॥ १॥

भीष्म उवाच

धर्मस्यांशप्रसूतोऽसि धर्मिष्ठोऽसि स्वभावतः।
धर्ममूलाश्रयं वाक्यं शृणुष्वावहितोऽनघ॥ २॥

भीष्मजीने कहा—अनघ! तुम धर्मके अंशसे उत्पन्न हुए हो और स्वभावसे ही धर्मनिष्ठ हो; अतः सावधान होकर धर्मके मूलभूत वेद और परमात्मासे सम्बन्ध रखनेवाली मेरी बात सुनो॥ २॥

अमूनि यानि स्थानानि देवानां परमात्मनाम्।
नानासंस्थानवर्णानि नानारूपफलानि च॥ ३॥
दिव्यानि कामचारीणि विमानानि सभास्तथा।
आक्रीडा विविधा राजन् पद्मिन्यश्चैव काञ्चनाः॥ ४॥

परम बुद्धिमान् देवताओंके ये जो स्थान बताये जाते हैं, उनके रूप-रङ्ग अनेक प्रकारके हैं। फल भी नाना प्रकारके हैं। देवताओंके यहाँ इच्छानुसार विचरनेवाले दिव्य विमान तथा दिव्य सभाएँ होती हैं। राजन्! उनके यहाँ नाना प्रकारके क्रीडा-स्थल तथा सुवर्णमय कमलोंसे सुशोभित बावलियाँ होती हैं॥ ३-४॥

चतुर्णां लोकपालानां शुक्रस्याथ बृहस्पतेः।
मरुतां विश्वदेवानां साध्यानामश्विनोरपि॥ ५॥
रुद्रादित्यवसूनां च तथान्येषां दिवौकसाम्।
एते वै निरयास्तात स्थानस्य परमात्मनः॥ ६॥

तात! वरुण, कुबेर, इन्द्र और यमराज—इन चारों लोकपालों, शुक्र, बृहस्पति, मरुद्गण, विश्वेदेव, साध्य, अश्विनीकुमार, रुद्र, आदित्य, वसु तथा अन्य देवताओंके जो ऐसे ही लोक हैं, वे सब परमात्माके परमधामके सामने नरक ही हैं॥ ५-६॥

अभयं चानिमित्तं च न तत् क्लेशसमावृतम्।
द्वाभ्यां मुक्तं त्रिभिर्मुक्तमष्टाभिस्त्रिभिरेव च॥ ७॥

परमात्माका परमधाम विनाशके भयसे रहित है; क्योंकि वह कारणरहित नित्य-सिद्ध है। वह अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश नामक पाँच क्लेशोंसे घिरा हुआ नहीं है। उसमें प्रिय और अप्रिय ये दो भाव नहीं हैं*। प्रिय और अप्रियके हेतुभूत तीन गुण—सत्त्व, रज और तम भी नहीं हैं तथा वह परमधाम भूत, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, वासना, कर्म, प्राण और अविद्या—इन आठ पुरियों† से भी मुक्त है। वहाँ ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय—इस त्रिपुटीका भी अभाव है॥ ७॥

चतुर्लक्षणवर्जं तु चतुष्कारणवर्जितम्।
अप्रहर्षमनानन्दमशोकं विगतक्लमम्॥ ८॥

इतना ही नहीं, वह दृष्टि, श्रुति, मति और विज्ञाति—इन चार लक्षणोंसे रहित है‡। ज्ञानके कारणभूत प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द—इन चारोंसे वह परे है। वहाँ इष्टविषयकी प्राप्तिसे होनेवाले हर्ष और उसके भोगजनित आनन्दका भी अभाव है। वह शोक और श्रमसे भी सर्वथा रहित है॥ ८॥

कालः सम्पच्यते तत्र न कालस्तत्र वै प्रभुः।
स कालस्य प्रभू राजन् स्वर्गस्यापि तथेश्वरः॥ ९॥

राजन्! कालकी उत्पत्ति भी वहींसे होती है। उस धाम-पर कालकी प्रभुता नहीं चलती। वह परमात्मा कालका भी स्वामी और स्वर्गका भी ईश्वर है॥ ९॥

आत्मकेवलतां प्राप्तस्तत्र गत्वा न शोचति।
ईदृशं परमं स्थानं निरयास्ते च तादृशाः॥ १०॥

जो आत्मकैवल्यको प्राप्त हो चुका है, वही मनुष्य वहाँ जाकर शोकसे रहित हो जाता है। उस परमधामका स्वरूप ऐसा ही है और पहले जो नाना प्रकारके सुखभोगोंसे सम्पन्न लोक बताये गये हैं, वे सभी उसकी तुलनामें नरक हैं॥ १०॥

एते ते निरयाः प्रोक्ताः सर्व एव यथातथम्।
तस्य स्थानवरस्येह सर्वे निरयसंज्ञिताः॥ ११॥

राजन्! इस प्रकार मैंने तुम्हें यथार्थरूपसे ये सभी नरक बताये हैं। उस परमपदके सामने वस्तुतः वे सभी लोक 'नरक' ही कहलाने योग्य हैं॥ ११॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि जापकोपाख्याने अष्टनवत्यधिकशततमोऽध्यायः॥ १९८॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें जापकका उपाख्यानविषयक एक सौ अट्ठानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ १९८॥

---

* श्रुति भी कहती है—'अशरीरं वावसन्तं न प्रियाप्रिये स्पृशतः।'

† आठ पुरियोंका बोधक वचन इस प्रकार उपलब्ध होता है—
भूतेन्द्रियमनोबुद्धिवासनाकर्मवायवः। अविद्या चेत्यमुं वर्गमाहुः पुर्यष्टकं बुधाः॥

‡ इन लक्षणोंका नाम-निर्देश श्रुतिमें इस प्रकार किया गया है—'न दृष्टेर्द्रष्टारं पश्येर्न श्रुतेः श्रोतारं शृणुयान्न मतेर्मन्तारं मन्वीथा न विज्ञातेर्विज्ञातारं विजानीयाः।'

कौशिक ब्राह्मणको सावित्रीदेवीका प्रत्यक्ष दर्शन

नवनवत्यधिकशततमोऽध्यायः

जापकको सावित्रीका वरदान, उसके पास धर्म, यम और काल आदिका आगमन, राजा इक्ष्वाकु और जापक ब्राह्मणका संवाद, सत्यकी महिमा तथा जापककी परम गतिका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

कालमृत्युयमानां ते इक्ष्वाकोर्ब्राह्मणस्य च।
विवादो व्याहृतः पूर्वं तद् भवान् वक्तुमर्हति ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! आपने [illegible] मृत्यु, यम, इक्ष्वाकु और ब्राह्मणके विवादकी पहले चर्चा की थी; अतः उसे बतानेकी कृपा करें ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
इक्ष्वाकोः सूर्यपुत्रस्य यद् वृत्तं ब्राह्मणस्य च ॥ २ ॥
कालस्य मृत्योश्च [illegible] यद् वृत्तं तन्निबोध मे।
यथा स तेषां संवादो यस्मिन् स्थानेऽपि चाभवत् ॥३॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! इसी प्रसङ्गमें उस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, जिसमें राजा इक्ष्वाकु, सूर्यपुत्र यम, ब्राह्मण, काल और मृत्युके वृत्तान्तका उल्लेख है। जिस स्थानपर और जिस रूपमें उनका वह संवाद हुआ था, उसे बताता हूँ, मुझसे सुनो ॥ २-३ ॥

ब्राह्मणो जापकः कश्चिद् धर्मवृत्तो महायशाः।
षडङ्गविन्महाप्राज्ञः पैप्पलादिः स कौशिकः ॥ ४ ॥
तस्यापरोक्षं विज्ञानं षडङ्गेषु बभूव ह।
वेदेषु चैव निष्णातो हिमवत्पादसंश्रयः ॥ ५ ॥

कहते [illegible] हिमालय पर्वतके निकटवर्ती पहाड़ियोंपर एक महायशस्वी धर्मात्मा ब्राह्मण रहता था, जो वेदके छहों अङ्गोंका ज्ञाता, परम बुद्धिमान् तथा जपमें तत्पर रहनेवाला था। वह पिप्पलादका पुत्र था और कौशिक वंशमें उसका जन्म हुआ था। वेदके छहों अङ्गोंका विज्ञान उसे प्रत्यक्ष हो गया था, अतः वह वेदोंका पारङ्गत विद्वान् था ॥ ४-५ ॥

सोऽयं ब्राह्मं तपस्तेपे संहितां संयतो जपन्।
तस्य वर्षसहस्रं तु नियमेन तथा गतम् ॥ ६ ॥

वह अर्थज्ञानपूर्वक संहिताका जप करता हुआ इन्द्रियोंको संयममें रखकर ब्राह्मणोचित तपस्या करने लगा। नियमपूर्वक जप तप करते हुए उसके एक हजार वर्ष व्यतीत हो गये ॥६॥

स देव्या दर्शितः साक्षात् प्रीतास्मीति तदा किल।
जप्यमावर्तयंस्तूष्णीं न स तां किञ्चिदब्रवीत् ॥ [illegible] ॥

कहते हैं, उसके [illegible] जपसे [illegible] होकर देवी सावित्रीने उसे प्रत्यक्ष दर्शन दिया और कहा [illegible] मैं तुझपर प्रसन्न हूँ। ब्राह्मण अपने जपनीय वेद-संहिताके गायत्रीमन्त्रकी आवृत्ति [illegible] रहा था; इसलिये सावित्रीदेवीके आनेपर भी चुपचाप बैठा ही रह गया। उनसे कुछ न बोला ॥ [illegible] ॥

तस्यानुकम्पया देवी प्रीता समभवत् तदा।
वेदमाता ततस्तस्य तज्जप्यं समपूजयत् ॥ ८ ॥

देवी सावित्रीकी उसपर कृपा हो गयी थी; अतः वे उसके उस समयके व्यवहारसे भी प्रसन्न ही हुईं। वेदमाताने ब्राह्मणके उस नियमानुकूल जपकी मन-ही-मन प्रशंसा की ॥ ८ ॥

समाप्तजप्यस्तूत्थाय शिरसा पादयोस्तदा।
पपात देव्या धर्मात्मा वचनं चेदमब्रवीत् ॥ ९ ॥

जब जप समाप्त हो गया, तब धर्मात्मा ब्राह्मणने उठकर देवी सावित्रीके चरणोंमें [illegible] साष्टाङ्ग प्रणाम किया और [illegible] प्रकार कहा— ॥ ९ ॥

दिष्ट्या देवि प्रसन्ना त्वं दर्शनं चागता [illegible]।
यदि चापि प्रसन्नासि जप्ये मे रमतां मनः ॥ १० ॥

'देवि! आज मेरा अहोभाग्य है [illegible] आपने [illegible] होकर मुझे दर्शन दिया। यदि वास्तवमें आप मुझपर संतुष्ट हैं तो ऐसी [illegible] कीजिये जिससे मेरा [illegible] जपमें लगा रहे' ॥ १[illegible] ॥

सावित्र्युवाच

किं प्रार्थयसि विप्रर्षे किं चेष्टं करवाणि ते।
प्रब्रूहि जपतां श्रेष्ठ सर्वं तत् ते भविष्यति ॥ ११ ॥

सावित्रीने कहा—ब्रह्मर्षे! तुम क्या चाहते हो? कौन-सी वस्तु तुम्हें अभीष्ट है? बताओ। मैं तुम्हारा मनोरथ पूर्ण करूँगी। [illegible] करनेवालोंमें श्रेष्ठ ब्राह्मण! तुम अपनी अभिलाषा बताओ। तुम्हारी वह सारी इच्छा पूर्ण हो जायगी ॥११॥

इत्युक्तः स तदा देव्या विप्रः प्रोवाच धर्मवित्।
जप्यं प्रति ममेच्छेयं वर्धत्विति पुनः पुनः ॥ १२ ॥
मनसश्च समाधिर्मे वर्धेताहरहः शुभे।

सावित्रीदेवीके ऐसा कहनेपर वह धर्मात्मा ब्राह्मण बोला—'शुभे! इस मन्त्रके जपमें मेरी यह इच्छा बराबर बढ़ती रहे और मेरे मनकी एकाग्रता भी प्रतिदिन बढ़े' ॥ १२½ ॥

तत् तथेति ततो देवी मधुरं प्रत्यभाषत ॥ १३ ॥
इदं चैवापरं प्राह देवी तत्प्रियकाम्यया।
निरयं नैव याता त्वं यत्र याता द्विजर्षभाः ॥ १४ ॥
यास्यसि ब्रह्मणः स्थानमनिमित्तमनिन्दितम्।
साधये भविता चैतद् यत्त्वयाहमिहार्थिता ॥ १५ ॥
नियतो जप चैकाग्रो धर्मस्त्वां समुपैष्यति।
कालो मृत्युर्यमश्चैव समायास्यन्ति तेऽन्तिकम् ॥१६॥
भविता [illegible] विवादोऽत्र [illegible] तेषां च धर्मतः।

तब सावित्रीदेवीने मधुर वाणीमें 'तथास्तु' कहा। इसके बाद देवीने ब्राह्मणका प्रिय करनेकी इच्छासे यह दूसरा वचन और कहा—'विप्रवर! जहाँ दूसरे श्रेष्ठ ब्राह्मण गये हैं, उन स्वर्गादि निम्नश्रेणीके लोकोंमें तुम नहीं जाओगे। तुम्हें स्वभाव-सिद्ध एवं निर्दोष ब्रह्मपदकी प्राप्ति होगी। तुमने मुझसे जो यहाँ प्रार्थना की है, वह पूरी होगी। मैं उसे पूर्ण करनेकी चेष्टा करूँगी। तुम नियमपूर्वक एकाग्रचित्त होकर जप करो। धर्म स्वयं तुम्हारी सेवामें उपस्थित होगा। काल, मृत्यु और यम भी तुम्हारे निकट पधारेंगे, तुम्हारा उन सबके साथ यहाँ धर्मानुकूल वाद-विवाद भी होगा ॥ १३—१६½ ॥

भीष्म उवाच

एवमुक्त्वा भगवती जगाम भवनं स्वकम् ॥ १७ ॥
ब्राह्मणोऽपि जपन्नास्ते दिव्यं वर्षशतं तथा।

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! ऐसा कहकर भगवती सावित्री देवी अपने धामको चली गयीं और ब्राह्मण भी दिव्य सौ वर्षोंतक पूर्ववत् जपमें संलग्न रहा ॥ १७½ ॥

सदा दान्तो जितक्रोधः सत्यसंधोऽनसूयकः॥ १८ ॥
समाप्ते नियमे तस्मिन्नथ विप्रस्य धीमतः।
साक्षात् प्रीतस्तदा धर्मो दर्शयामास तं द्विजम्॥ १९ ॥

वह सदा मन और इन्द्रियोंको संयममें रखता था, क्रोधको जीत चुका था। अपनी की हुई प्रतिज्ञाका सचाईके साथ पालन करता था और किसीके दोष नहीं देखता था। बुद्धिमान् ब्राह्मणका वह नियम पूर्ण होनेपर साक्षात् भगवान् धर्म उस समय उसपर बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे प्रत्यक्ष दर्शन दिया १८-१९

धर्म उवाच

द्विजाते पश्य मां धर्ममहं त्वां द्रष्टुमागतः।
जप्यस्यास्य फलं यत्तत् सम्प्राप्तं तच्च मे शृणु ॥२०॥

धर्म बोले—विप्रवर! तुम मेरी ओर देखो। मैं धर्म हूँ और तुम्हारा दर्शन करनेके लिये आया हूँ। तुम्हें इस जपका जो फल प्राप्त हुआ है, वह मुझसे सुन लो ॥ २० ॥

जिता लोकास्त्वया सर्वे ये दिव्या ये च मानुषाः।
देवानां निलयान् साधो सर्वानुत्क्रम्य यास्यसि॥२१॥

तुमने दिव्य और मानुष सभी लोकोंपर विजय प्राप्त की है। साधो! तुम सम्पूर्ण देवताओंके लोकोंको लाँघकर उनसे भी ऊपर जाओगे ॥ २१ ॥

प्राणत्यागं कुरु मुने गच्छ लोकान् यथेप्सितान्।
त्यक्त्वाऽऽत्मनः शरीरं च ततो लोकानवाप्स्यसि२२

मुने! अब तुम अपने प्राणोंका परित्याग करो और अभीष्ट लोकोंमें जाओ। अपने शरीरका परित्याग करनेके पश्चात् ही तुम उन पुण्यलोकोंमें जाओगे ॥ २२ ॥

ब्राह्मण उवाच

किं नु लोकैर्हि मे धर्म गच्छ त्वं च यथासुखम्।
बहुदुःखसुखं देहं नोत्सृजेयमहं विभो ॥ २३ ॥

ब्राह्मणने कहा—धर्म! मुझे उन लोकोंको लेकर क्या करना है? आप सुखपूर्वक यहाँसे अपने स्थानको पधारिये। प्रभो! मैंने इस शरीरके साथ बहुत दुःख और सुख उठाया है; अतः इसका त्याग नहीं कर सकता ॥ २३ ॥

धर्म उवाच

अवश्यं भोः शरीरं ते त्यक्तव्यं मुनिपुङ्गव।
स्वर्गमारोह भो विप्र किं वा वै रोचतेऽनघ ॥ २४ ॥

धर्म बोले—निष्पाप मुनिश्रेष्ठ! शरीर तो तुम्हें अवश्य त्यागना पड़ेगा। विप्रवर! अब स्वर्गलोकपर आरूढ हो जाओ अथवा तुम्हारी क्या रुचि है? बताओ ॥ २४ ॥

ब्राह्मण उवाच

न रोचये स्वर्गवासं विना देहमहं विभो।
गच्छ धर्म न मे श्रद्धा स्वर्गं गन्तुं विनाऽऽत्मना॥२५॥

ब्राह्मणने कहा—प्रभो! मैं इस शरीरके बिना स्वर्ग-लोकमें निवास करना नहीं चाहता; अतः धर्मदेव! आप यहाँसे जाइये। इस शरीरको छोड़कर स्वर्गलोकमें जानेके लिये मेरे मनमें तनिक भी उत्साह नहीं है ॥ २५ ॥

धर्म उवाच

अलं देहे मनः कृत्वा त्यक्त्वा देहं सुखी भव।
[illegible] लोकानरजसो [illegible] गत्वा न शोचसि ॥ २६ ॥

धर्म बोले—मुने! शरीरमें मनको आसक्त रखना ठीक नहीं है। [illegible] देह त्यागकर सुखी हो जाओ। [illegible] रजोगुणरहित निर्मल लोकोंमें जाओ, जहाँ जाकर फिर तुम्हें शोक नहीं करना पड़ेगा ॥ २६ ॥

ब्राह्मण उवाच

रमे जपन् महाभाग किं [illegible] लोकैः सनातनैः।
सशरीरेण गन्तव्यं मया स्वर्गं न वा विभो ॥ २७ ॥

ब्राह्मणने कहा—महाभाग! मैं तो जपमें ही सुख मानता हूँ। मुझे सनातन लोकोंको लेकर क्या करना है? भगवन्! यह बताइये, मैं सशरीर स्वर्गलोकमें जा सकता हूँ या नहीं? ॥ २७ ॥

धर्म उवाच

यदि त्वं नेच्छसे त्यक्तुं शरीरं पश्य वै द्विज।
एष कालस्तथा मृत्युर्यमश्च त्वामुपागताः ॥ २८ ॥

धर्म बोले—ब्रह्मन्! यदि तुम शरीर छोड़ना नहीं चाहते हो तो देखो, ये काल, मृत्यु और यम तुम्हारे पास आये हैं ॥ २८ ॥

भीष्म उवाच

अथ वैवस्वतः कालो मृत्युश्च त्रितयं विभो।
ब्राह्मणं तं महाभागमुपगम्येदमब्रुवन् ॥ २९ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! तदनन्तर वैवस्वत यम, काल और मृत्यु—तीनों उस महाभाग ब्राह्मणके पास जाकर इस प्रकार बोले— ॥ २९ ॥

यम उवाच

तपसोऽस्य सुतप्तस्य तथा सुचरितस्य च ।
फलप्राप्तिस्तव श्रेष्ठा यमोऽहं त्वामुपब्रुवे ॥ ३० ॥

यमराज बोले—ब्रह्मन्! तुम्हारेद्वारा भलीभाँति की हुई इस तपस्याका तथा शुभ आचरणोंका भी तुम्हें उत्तम फल [illegible] हुआ है। मैं यमराज हूँ और स्वयं तुमसे यह [illegible] कहता हूँ ॥ ३० ॥

[illegible] उवाच

यथावदस्य जप्यस्य फलं प्राप्तमनुत्तमम् ।
कालस्ते स्वर्गमारोढुं कालोऽहं त्वामुपागतः ॥ ३१ ॥

कालने कहा—विप्रवर! तुम्हारे इस जपका यथायोग्य सर्वोत्तम फल प्राप्त हुआ है। अतः अब तुम्हारे लिये स्वर्गलोकमें जानेका समय आया है। यही सूचित करनेके लिये मैं साक्षात् काल तुम्हारे पास आया हूँ ॥ ३१ ॥

मृत्युरुवाच

मृत्युं मां विद्धि धर्मज्ञ रूपिणं स्वयमागतम् ।
कालेन चोदितो विप्र त्वामितो नेतुमद्य वै ॥ ३२ ॥

मृत्युने कहा—धर्मज्ञ ब्राह्मण! मुझे मृत्यु समझो। [illegible] स्वयं ही शरीर धारण करके यहाँ आया हूँ। विप्रवर! [illegible] कालसे प्रेरित होकर आज तुम्हें यहाँसे ले जानेके लिये उपस्थित हुआ [illegible] ॥ ३२ ॥

ब्राह्मण उवाच

स्वागतं सूर्यपुत्राय कालाय [illegible] महात्मने ।
मृत्यवे चाथ धर्माय किं कार्यं करवाणि वः ॥ ३३ ॥

ब्राह्मणने कहा—सूर्यपुत्र यम, महामना काल, मृत्यु तथा धर्म—इन सबका स्वागत है। बताइये, मैं आपलोगोंका कौन-सा कार्य करूँ? ॥ ३३ ॥

भीष्म उवाच

अर्घ्यं पाद्यं च दत्त्वा स तेभ्यस्तत्र समागमे ।
अब्रवीत् परमप्रीतः स्वशक्त्या [illegible] करोमि वः ॥ ३४ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! वहाँ उन सबका समागम होनेपर ब्राह्मणने उनके लिये अर्घ्य और [illegible] देकर बड़ी प्रसन्नताके साथ कहा—'देवताओ! [illegible] अपनी शक्तिके अनुसार आपलोगोंकी क्या सेवा करूँ?' ॥ ३४ ॥

तस्मिन्नेवाथ काले [illegible] तीर्थयात्रामुपागतः ।
इक्ष्वाकुरगमत् तत्र समेता यत्र ते विभो ॥ ३५ ॥

इसी समय तीर्थयात्राके लिये आये हुए राजा इक्ष्वाकु भी उस स्थानपर आ पहुँचे, जहाँ वे [illegible] लोग एकत्र हुए थे ॥ ३५ ॥

सर्वानेव [illegible] राजर्षिः सम्पूज्याथ प्रणम्य च ।
कुशलप्रश्नमकरोत् सर्वेषां राजसत्तमः ॥ ३६ ॥

नृपश्रेष्ठ राजर्षि इक्ष्वाकुने उन सबको प्रणाम करके उनकी पूजा की और उन [illegible] कुशल-समाचार पूछा ॥ ३६ ॥

तस्मै सोऽथासनं दत्त्वा पाद्यमर्घ्यं तथैव च ।
अब्रवीद् ब्राह्मणो वाक्यं कृत्वा कुशलसंविदम् ॥ ३७ ॥

ब्राह्मणने भी राजाको अर्घ्य, पाद्य और आसन देकर कुशल-मङ्गल पूछनेके [illegible] इस प्रकार कहा— ॥ ३७ ॥

स्वागतं ते महाराज ब्रूहि यद् यदिहेच्छसि ।
स्वशक्त्या किं करोमीह तद् भवान् प्रब्रवीतु माम् ॥ ३८ ॥

'महाराज! आपका स्वागत है। आपकी जो-जो इच्छा हो, उसे यहाँ बताइये। मैं अपनी शक्तिके अनुसार आपकी [illegible] सेवा करूँ? यह आप मुझे बतावें' ॥ ३८ ॥

राजोवाच

राजाहं ब्राह्मणश्च त्वं यदा षट्कर्मसंस्थितः ।
ददानि वसु किंचित्ते प्रार्थितं तद् वदस्व मे ॥ ३९ ॥

राजाने कहा—विप्रवर! [illegible] क्षत्रिय राजा हूँ और [illegible] छः कर्मोंमें स्थित रहनेवाले ब्राह्मण। अतः [illegible] आपको कुछ धन देना चाहता हूँ। आप प्रसिद्ध धनरत्न मुझसे माँगिये ॥ ३९ ॥

ब्राह्मण उवाच

द्विविधा ब्राह्मणा राजन् धर्मश्च द्विविधः स्मृतः ।
प्रवृत्ताश्च निवृत्ताश्च निवृत्तोऽहं प्रतिग्रहात् ॥ ४० ॥

ब्राह्मणने कहा—राजन्! ब्राह्मण दो प्रकारके होते हैं और धर्म भी दो प्रकारका माना गया है—प्रवृत्ति और निवृत्ति। मैं प्रतिग्रहसे निवृत्त ब्राह्मण हूँ ॥ ४० ॥

तेभ्यः प्रयच्छ दानानि ये प्रवृत्ता नराधिप ।
अहं न प्रतिगृह्णामि किमिष्टं किं ददामि ते ।
ब्रूहि त्वं नृपतिश्रेष्ठ तपसा साधयामि किम् ॥ ४१ ॥

नरेश्वर ! आप उन ब्राह्मणोंको दान दीजिये, जो प्रवृत्ति-मार्गमें हों । मैं आपसे दान नहीं लूँगा । नृपश्रेष्ठ ! इस समय आपको क्या अभीष्ट है ? मैं आपको क्या दूँ ? बताइये, मैं अपनी तपस्याद्वारा आपका कौन-सा कार्य सिद्ध करूँ ? ॥ ४१ ॥

राजोवाच

क्षत्रियोऽहं न जानामि देहीति वचनं क्वचित् ।
प्रयच्छ युद्धमित्येवंवादिनः स्मो द्विजोत्तम ॥ ४२ ॥

राजा बोले—द्विजश्रेष्ठ ! मैं क्षत्रिय हूँ । 'दीजिये' ऐसा कहकर याचना करनेकी बातको मैं कभी नहीं जानता । माँगनेके नामपर तो हमलोग तो यही कहना जानते हैं कि 'युद्ध दो' ॥ ४२ ॥

ब्राह्मण उवाच

तुष्यसि त्वं स्वधर्मेण तथा तुष्टा वयं नृप ।
अन्योन्यस्यान्तरं नास्ति यदिष्टं तत् समाचर ॥ ४३ ॥

ब्राह्मणने कहा—नरेश्वर ! जैसे आप अपने धर्मसे संतुष्ट हैं, उसी तरह हम भी अपने धर्मसे संतुष्ट हैं । हम दोनोंमें कोई अन्तर नहीं है । अतः आपको जो अच्छा लगे, वह कीजिये ॥ ४३ ॥

राजोवाच

स्वशक्त्याहं ददानीति त्वया पूर्वमुदाहृतम् ।
याचे त्वां दीयतां मह्यं जप्यस्यास्य फलं द्विज ॥ ४४ ॥

राजाने कहा—ब्रह्मन् ! आपने मुझसे पहले कहा है कि 'मैं अपनी शक्तिके अनुसार दान दूँगा' तो मैं आपसे यही माँगता हूँ कि आप अपने जपका [illegible] मुझे दे दीजिये ॥

ब्राह्मण उवाच

युद्धं मम सदा वाणी याचतीति विकत्थसे ।
न च युद्धं मया सार्धं किमर्थं याचसे पुनः ॥ ४५ ॥

ब्राह्मणने कहा—राजन् ! आप तो बहुत बढ़-बढ़कर बातें बना रहे थे कि मेरी वाणी सदा युद्धकी ही याचना करती है, तब आप मेरे साथ भी युद्धकी ही याचना क्यों नहीं कर रहे हैं ? ॥ ४५ ॥

राजोवाच

वाग्वज्रा ब्राह्मणाः प्रोक्ताः क्षत्रिया बाहुजीविनः ।
वाग्युद्धं तदिदं तीव्रं मम विप्र त्वया सह ॥ ४६ ॥

राजाने कहा—विप्रवर ! ब्राह्मणोंकी वाणी ही वज्रके समान प्रभाव डालनेवाली होती है और क्षत्रिय बाहुबलसे जीवन-निर्वाह करनेवाले होते हैं; अतः आपके [illegible] मेरा यह तीव्र वाग्युद्ध उपस्थित हुआ है ॥ ४६ ॥

ब्राह्मण उवाच

सैवाद्यापि प्रतिज्ञा मे स्वशक्त्या किं प्रदीयताम् ।
ब्रूहि दास्यामि राजेन्द्र विभवे सति मा चिरम् ॥ ४७ ॥

ब्राह्मणने कहा—राजेन्द्र ! मेरी वही प्रतिज्ञा इस समय भी है । मैं अपनी शक्तिके अनुसार आपको क्या दूँ ? बोलिये, विलम्ब न कीजिये ! मैं शक्ति रहते आपको मुँहमाँगी वस्तु [illegible] प्रदान करूँगा ॥ ४७ ॥

राजोवाच

यत्तद् वर्षशतं पूर्णं जप्यं वै जपता त्वया ।
फलं प्राप्तं तत् प्रयच्छ मम दित्सुर्भवान् यदि ॥ ४८ ॥

राजाने कहा—मुने ! यदि आप देना ही चाहते हैं तो पूरे सौ वर्षोंतक जप करके आपने जिस फलको प्राप्त किया है, वही मुझे दे दीजिये ॥ ४८ ॥

ब्राह्मण उवाच

परमं गृह्यतां तस्य फलं यज्जपितं मया ।
अर्धं त्वमविचारेण फलं तस्य ह्यवाप्नुहि ॥ ४९ ॥
[illegible] सर्वमेवेह मामकं जापकं फलम् ।
राजन् प्राप्नुहि कामं त्वं यदि सर्वमिहेच्छसि ॥ ५० ॥

ब्राह्मणने कहा—राजन् ! मैंने जो जप किया है, उसका उत्तम फल आप ग्रहण करें । मेरे जपका आधा फल तो आप बिना विचारे ही प्राप्त करें अथवा यदि आप मेरेद्वारा किये हुए जपका सारा ही फल लेना चाहते हों तो अवश्य अपनी इच्छाके अनुसार वह सब प्राप्त कर लें ॥ ४९-५० ॥

राजोवाच

कृतं सर्वेण भद्रं ते जप्यं यद् याचितं मया ।
स्वस्ति तेऽस्तु गमिष्यामि किञ्च [illegible] फलं वद ॥ ५१ ॥

राजाने कहा—ब्रह्मन् ! मैंने जो जपका फल माँगा है, उन सबकी पूर्ति हो गयी । आपका भला हो, कल्याण हो । मैं चला जाऊँगा; किंतु [illegible] तो बता दीजिये कि उसका फल क्या है ? ॥ ५१ ॥

ब्राह्मण उवाच

फलप्राप्तिं न जानामि दत्तं यज्जपितं मया ।
अयं धर्मश्च कालश्च यमो मृत्युश्च साक्षिणः ॥ ५२ ॥

ब्राह्मणने कहा—राजन् ! इस जपका फल क्या मिलेगा ? इसको मैं नहीं जानता; परंतु मैंने जो कुछ जप किया था, वह सब आपको दे दिया । ये धर्म, यम, मृत्यु और काल इस बातके साक्षी हैं ॥ ५२ ॥

राजोवाच

अज्ञातमस्य धर्मस्य फलं [illegible] मे करिष्यति ।
फलं ब्रवीषि धर्मस्य न चेज्जप्यकृतस्य माम् ।
प्राप्नोतु तत् फलं विप्रो नाहमिच्छे ससंशयम् ॥ ५३ ॥

राजाने कहा—ब्रह्मन् ! यदि [illegible] मुझे अपने जप-जनित धर्मका फल नहीं [illegible] रहे हैं तो इस धर्मका [illegible] [illegible] मेरे किस काम आयेगा ? वह सारा [illegible] आपहीके पास रहे। [illegible] तदिग्ध [illegible] नहीं चाहता ॥ ५३ ॥

ब्राह्मण उवाच

माख्देऽपरवक्तव्यं दत्तं वास्य फलं मया।
वाक्यं प्रमाणं राजर्षे ममाद्य [illegible] चैव हि ॥ ५४ ॥

ब्राह्मणने कहा—राजर्षे ! अब तो मैं अपने जपका [illegible] दे चुका; अतः दूसरी कोई [illegible] नहीं स्वीकार करूँगा। इस विषयमें आज मेरी और आपकी बातें ही प्रमाण-स्वरूप [illegible] (हम दोनोंको अपनी-अपनी बातोंपर दृढ़ रहना चाहिये) ॥ ५४ ॥

नाभिसंधिर्मयेर जप्ये कृतपूर्वः कदाचन।
[illegible] राजशार्दूल कथं वेत्स्याम्यहं फलम् ॥ ५५ ॥

राजसिंह ! मैंने जप करते समय कभी फलकी कामना नहीं की थी; अतः इस जपका क्या फल होगा, यह कैसे जान सकूँगा ? ॥ ५५ ॥

ददस्वेति त्वया चोक्तं ददानीति [illegible] तथा।
न वाचं दूषयिष्यामि सत्यं रक्ष स्थिरो भव ॥ ५६ ॥

आपने कहा था कि 'दीजिये' और मैंने कहा था कि 'दूँगा'—ऐसी दशामें मैं अपनी बात झूठी नहीं करूँगा। आप सत्यकी रक्षा कीजिये और इसके लिये सुस्थिर हो जाइये ॥ ५६ ॥

अथैवं वदतो मेऽद्य वचनं न करिष्यसि।
महानधर्मो भविता [illegible] राजन् मृषा कृतः ॥ ५७ ॥

राजन् ! यदि [illegible] तरह [illegible] बात करनेपर भी आप आज मेरे वचनका पालन नहीं करेंगे तो आपको असत्यका महान् [illegible] लगेगा ॥ ५७ ॥

न युक्तं [illegible] मृषा वाणी त्वया वक्तुमरिंदम।
[illegible] मयाप्यभिहितं मिथ्या कर्तुं न शक्यते ॥ ५८ ॥

शत्रुदमन नरेश ! आपके लिये भी झूठ बोलना उचित नहीं है और [illegible] भी अपनी कही हुई बातको मिथ्या नहीं कर [illegible] ॥ ५८ ॥

संश्रुतं च मया पूर्वं ददानीत्यविचारितम्।
तद् गृह्णीष्वाविचारेण यदि सत्ये स्थितो भवान् ॥ ५९ ॥

मैंने बिना [illegible] सोच-विचार किये ही पहले देनेकी प्रतिज्ञा कर ली है; [illegible] [illegible] भी बिना विचारे मेरा दिया हुआ जप ग्रहण करें। यदि [illegible] सत्यपर दृढ़ हैं तो आपको ऐसा अवश्य करना चाहिये ॥ ५९ ॥

इहागम्य हि मां राजन् जाप्यं फलमयाचथाः।
तन्मे निसृष्टं गृह्णीष्व भव सत्ये स्थिरोऽपि च ॥ ६० ॥

राजन् ! आपने स्वयं यहाँ आकर मुझसे जपके फलकी याचना की है और मैंने उसे आपके लिये दे दिया है; [illegible] आप उसे [illegible] करें और सत्यपर डटे रहें ॥ ६० ॥

नायं लोकोऽस्ति न परो न च पूर्वान् स तारयेत्।
[illegible] एव जनिष्यांस्तु मृषावादपरायणः ॥ ६१ ॥

जो झूठ बोलनेवाला है, उस मनुष्यको न इस लोकमें सुख मिलता है और न परलोकमें ही। वह अपने पूर्वजोंको भी नहीं तार सकता; फिर भविष्यमें होनेवाली संततिका उद्धार तो कर ही कैसे सकता है ? ॥ ६१ ॥

न यज्ञाध्ययने दानं नियमास्तारयन्ति हि।
[illegible] सत्यं परे लोके तथेह पुरुषर्षभ ॥ ६२ ॥

पुरुषश्रेष्ठ ! परलोकमें सत्य जिस प्रकार जीवोंका उद्धार [illegible] है, उस प्रकार यज्ञ, वेदाध्ययन, दान और नियम भी नहीं तार सकते हैं ॥ ६२ ॥

तपांसि यानि चीर्णानि चरिष्यन्ति च यत् तपः।
शतैः शतसहस्रैश्च तैः सत्यान्न विशिष्यते ॥ ६३ ॥

लोगोंने अबतक जितनी तपस्याएँ की हैं और भविष्यमें भी जितनी करेंगे, उन सबको सौगुना या लाखगुना करके एकत्र किया जाय तो भी उनका महत्त्व सत्यसे बढ़कर नहीं सिद्ध होगा ॥ ६३ ॥

सत्यमेकाक्षरं ब्रह्म सत्यमेकाक्षरं तपः।
सत्यमेकाक्षरो यज्ञः सत्यमेकाक्षरं श्रुतम् ॥ ६४ ॥

[illegible] ही एकमात्र अविनाशी [illegible] है। सत्य ही एकमात्र [illegible] तप है, सत्य ही एकमात्र अविनाशी यज्ञ है, सत्य ही एकमात्र नाशरहित सनातन वेद है ॥ ६४ ॥

सत्यं वेदेषु जागर्ति फलं सत्ये परं स्मृतम्।
सत्याद् धर्मो दमश्चैव सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम् ॥ ६५ ॥

वेदोंमें [illegible] ही जागता है—उसीकी महिमा बतायी गयी है। सत्यका ही सबसे श्रेष्ठ [illegible] माना गया है। धर्म और इन्द्रिय संयमकी सिद्धि भी सत्यसे ही होती है। सत्यके ही आधारपर सब कुछ टिका हुआ है ॥ ६५ ॥

सत्यं वेदास्तथाङ्गानि सत्यं विद्यास्तथा विधिः।
ब्रह्मचर्यं तथा सत्यमोङ्कारः सत्यमेव च ॥ ६६ ॥

सत्य ही वेद और वेदाङ्ग है। [illegible] ही विद्या तथा विधि है। सत्य ही ब्रह्मचर्य तथा सत्य ही ओङ्कार है ॥ ६६ ॥

प्राणिनां जननं सत्यं सत्यं संततिरेव च।
सत्येन वायुरभ्येति सत्येन तपते रविः ॥ ६७ ॥

सत्य प्राणियोंको जन्म देनेवाला (पिता) है, सत्य ही संतति है, सत्यसे ही वायु चलती है और सत्यसे ही सूर्य तपता है ॥ ६७ ॥

सत्येन चाग्निर्दहति स्वर्गः सत्ये प्रतिष्ठितः।
सत्यं यज्ञस्तपो वेदाः स्तोभा [illegible] सरस्वती ॥ ६८ ॥

सत्यसे ही आग जलती है तथा सत्यपर ही स्वर्गलोक प्रतिष्ठित है। यज्ञ, तप, वेद, स्तोभ, मन्त्र और सरस्वती—[illegible] सत्यके ही [illegible] हैं ॥ ६८ ॥

तुलामारोपितो धर्मः सत्यं चैवेति नः श्रुतम्।
समकक्षां तुलयतो यतः सत्यं ततोऽधिकम्॥ ६९॥

मैंने सुना है कि किसी समय धर्म और सत्यको तराजूपर, जिसके दोनों पलड़े बराबर थे, रक्खा और तौला गया; उस समय जिस ओर सत्य था, उधरका ही पलड़ा भारी हुआ॥

यतो धर्मस्ततः सत्यं सर्वं सत्येन वर्धते।
किमर्थमनृतं कर्म कर्तुं राजंस्त्वमिच्छसि॥ ७०॥

जहाँ धर्म है, वहाँ सत्य है। सत्यसे ही सबकी वृद्धि होती है। राजन्! आप क्यों असत्यपूर्ण बर्ताव करना चाहते हैं?॥ ७०॥

सत्ये कुरु स्थिरं भावं मा राजन्ननृतं कृथाः।
कस्मात्त्वमनृतं वाक्यं देहीति कुरुषेऽशुभम्॥ ७१॥

महाराज! आप सत्यमें ही अपने मनको स्थिर कीजिये। मिथ्यापूर्ण बर्ताव न कीजिये। यदि लेना ही नहीं था तो आपने 'दीजिये' यह [illegible] और अशुभ वचन क्यों मुँहसे निकाला था॥ ७१॥

यदि जप्यफलं दत्तं मया नैषिष्यसे नृप।
धर्मेभ्यः सम्परिभ्रष्टो लोकाननुचरिष्यसि॥ ७२॥

नरेश्वर! यदि आप मेरे दिये हुए इस जपके फलको नहीं स्वीकार करेंगे तो धर्मभ्रष्ट होकर सम्पूर्ण लोकोंमें भटकते फिरेंगे॥ ७२॥

संश्रुत्य यो न दित्सेत याचित्वा [illegible] नेच्छति।
उभावानृतिकावेतौ न मृषा कर्तुमर्हसि॥ ७३॥

जो पहले देनेकी प्रतिज्ञा करके फिर देना नहीं चाहता तथा जो याचना तो करता है, किंतु मिलनेपर उसे लेना नहीं चाहता, वे दोनों ही मिथ्यावादी होते हैं; अतः [illegible] अपनी और मेरी भी बात मिथ्या न कीजिये॥ ७३॥

राजोवाच

योद्धव्यं रक्षितव्यं च क्षत्रधर्मः किल द्विज।
दातारः क्षत्रियाः प्रोक्ता गृह्णीयां भवतः कथम्॥ ७४॥

राजाने कहा—ब्रह्मन्! क्षत्रियका धर्म तो प्रजाकी रक्षा और युद्ध करना है। क्षत्रियोंको दाता कहा गया है; फिर मैं उलटे ही आपसे दान कैसे ले सकता हूँ?॥ ७४॥

ब्राह्मण उवाच

न च्छन्दयामि ते राजन्नापि ते गृहमाव्रजम्।
इहागम्य [illegible] याचित्वा न गृह्णीषे पुनः कथम्॥ ७५॥

ब्राह्मणने कहा—राजन्! दान लेनेके लिये मैंने आपसे अनुरोध या आग्रह नहीं किया था और न मैं देनेके लिये आपके घर ही गया था। आपने स्वयं यहाँ आकर याचना की है; फिर लेनेसे कैसे इन्कार करते हैं?॥ ७५॥

धर्म उवाच

अविवादोऽस्तु युवयोर्वित्त मां धर्ममागतम्।
द्विजो दानफलैर्युक्तो राजा सत्यफलेन च॥ ७६॥

धर्म बोले—आप दोनोंमें विवाद न हो। आपको विदित होना चाहिये कि मैं साक्षात् धर्म यहाँ आया हूँ। ब्राह्मण देवता दानके फलसे युक्त हो जायँ और राजा भी सत्यके फलसे सम्पन्न हों॥ ७६॥

स्वर्ग उवाच

स्वर्गं मां विद्धि राजेन्द्र रूपिणं स्वयमागतम्।
अविवादोऽस्तु युवयोरुभौ तुल्यफलौ युवाम्॥ ७७॥

स्वर्ग बोला—राजेन्द्र! आपको विदित हो कि मैं स्वर्ग हूँ और स्वयं ही शरीर धारण करके यहाँ आया हूँ। आप दोनोंमें विवाद न हो। आप दोनों समान फलके भागी हों॥

राजोवाच

कृतं स्वर्गेण मे कार्यं गच्छ स्वर्ग यथागतम्।
विप्रो यदीच्छते गन्तुं चीर्णं गृह्णातु मे फलम्॥ ७८॥

राजाने कहा—मुझे स्वर्गकी कोई आवश्यकता नहीं है। स्वर्ग! तुम जैसे आये थे, वैसे ही लौट जाओ। यदि ये ब्राह्मणदेवता स्वर्गमें जाना चाहते हों तो मेरे किये हुए पुण्य-फलको ग्रहण करें॥ ७८॥

ब्राह्मण उवाच

बाल्ये यदि स्यादज्ञानान्मया हस्तः प्रसारितः।
निवृत्तलक्षणं धर्ममुपासे संहितां जपन्॥ ७९॥

ब्राह्मणने कहा—यदि बाल्यावस्थामें अज्ञानवश मैंने कभी किसीके सामने हाथ फैलाया हो तो उसका मुझे स्मरण नहीं है; परंतु अब तो संहिता—गायत्रीमन्त्रका जप करता हुआ निवृत्तिधर्मकी उपासना करता हूँ॥ ७९॥

निवृत्तं मां चिराद्राजन् विप्रलोभयसे कथम्।
स्वेन कार्यं करिष्यामि त्वत्तो नेच्छे फलं नृप।
तपःस्वाध्यायशीलोऽहं निवृत्तश्च प्रतिग्रहात्॥ ८०॥

राजन्! मैं निवृत्तिमार्गका पथिक हूँ, आप बहुत देरसे मुझे लुभानेका प्रयत्न क्यों करते हैं? नरेश्वर! मैं स्वयं ही अपना कर्तव्य करूँगा, आपसे कोई [illegible] नहीं लेना चाहता। मैं प्रतिग्रहसे निवृत्त होकर तप और स्वाध्यायमें लगा हुआ हूँ॥

राजोवाच

यदि विप्र विसृष्टं ते जप्यस्य फलमुत्तमम्।
आवयोर्यत् फलं किंचित् सहितं नौ तदस्त्विह॥ ८१॥

राजाने कहा—विप्रवर! यदि आपने अपने जपका उत्तम फल दे ही दिया है [illegible] ऐसा कीजिये कि [illegible]म दोनोंके जो भी पुण्यफल हों, उन्हें एकत्र करके हम दोनों साथ ही भोगें—हम दोनोंका उनपर समान अधिकार रहे॥ ८१॥

द्विजाः प्रतिग्रहे युक्ता दातारो राजवंशजाः।
यदि धर्मः श्रुतो विप्र सहैव फलमस्तु नौ॥ ८२॥

ब्राह्मणोंको दान लेनेका अधिकार है और क्षत्रिय केवल दान देते हैं, लेते नहीं; [illegible] धर्म आपने भी सुना होगा; अतः

विप्रवर ! हम दोनोंके कार्यका फल साथ ही हम दोनोंके उपयोगमें आवे ॥ ८२ ॥

मा वा भूत् सहभोज्यं नौ मदीयं फलमाप्नुहि ।
प्रतीच्छ मत्कृतं धर्मं यदि ते मय्यनुग्रहः ॥ ८३ ॥

अथवा यदि आपकी इच्छा न हो तो हमें साथ रहकर कर्मफल भोगनेकी आवश्यकता नहीं है। उस अवस्थामें मैं यही प्रार्थना करूँगा कि यदि आपका मुझपर अनुग्रह हो तो आप ही मेरे शुभकर्मोंका पूरा-पूरा फल ग्रहण कर लें। मैंने जो कुछ भी धर्म किया है, वह सब आप स्वीकार कर लें ॥

भीष्म उवाच

ततो विकृतवेषौ द्वौ पुरुषौ समुपस्थितौ ।
गृहीत्वान्योन्यमावेष्ट्य कुचैलावूचतुर्वचः ॥ ८४ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! इसी समय वहाँ विकराल वेषधारी दो पुरुष उपस्थित हुए। दोनोंने एक दूसरेको पकड़कर अपने हाथोंसे आवेष्टित कर रक्खा था। दोनोंके शरीरपर मैले वस्त्र थे (उनमेंसे एकका नाम विकृत था और दूसरेका नाम विरूप)। वे दोनों बारंबार इस प्रकार कह रहे थे ॥८४॥

न मे धारयसीत्येको धारयामीति चापरः ।
इहास्ति नौ विवादोऽयमयं राजानुशासकः ॥ ८५ ॥

एकने कहा—भाई ! तुम्हारे ऊपर मेरा कोई ऋण नहीं है। दूसरा कहता—नहीं, मैं तुम्हारा ऋणी हूँ। पहलेने कहा—यहाँ जो हम दोनोंका विवाद है, इसका निर्णय ये [illegible] शासन करनेवाले राजा करेंगे ॥ ८५ ॥

सत्यं ब्रवीम्यहमिदं न मे धारयते भवान् ।
अनृतं वदसीह त्वमृणं ते धारयाम्यहम् ॥ ८६ ॥

दूसरा बोला—मैं सच कहता हूँ कि तुमपर मेरा कोई [illegible] नहीं है। पहलेने कहा—तुम झूठ बोलते हो। मुझपर तुम्हारा ऋण है ॥ ८६ ॥

तावुभौ भृशसंतप्तौ राजानमिदमूचतुः ।
परीक्ष्य त्वं यथा स्यावो नावामिह विगर्हितौ ॥ ८७ ॥

तब वे दोनों अत्यन्त [illegible] होकर राजासे इस प्रकार बोले—आप हमारे मामलेकी जाँच-पड़ताल करके फैसला कर दें, जिससे हम दोनों यहाँ दोषके भागी और निन्दाके पात्र न हों ॥ ८७ ॥

विरूप उवाच

धारयामि नरव्याघ्र विकृतस्येह गोः फलम् ।
ददतश्च न गृह्णाति विकृतो मे महीपते ॥ ८८ ॥

विरूप बोला—पुरुषसिंह ! मैं विकृतके एक गोदानका फल ऋणके तौरपर अपने यहाँ रखता हूँ। पृथ्वीनाथ ! उस ऋणको आज मैं दे रहा हूँ; परंतु यह विकृत ले नहीं रहा है॥

विकृत उवाच

न मे धारयते किञ्चिद् विरूपोऽयं नराधिप ।
मिथ्या ब्रवीत्ययं हि त्वां सत्याभासं नराधिप॥ ८९ ॥

विकृतने कहा—नरेश्वर ! इस विरूपपर मेरा कोई ऋण नहीं है। यह आपसे झूठ बोलता है। इसकी बातमें सत्यका आभासमात्र है ॥ ८९ ॥

राजोवाच

विरूप किं धारयते भवानस्य ब्रवीतु मे ।
श्रुत्वा तथा करिष्येऽहमिति मे धीयते मनः ॥ ९० ॥

राजा बोले—विरूप ! तुम्हारे ऊपर विकृतका कौन-सा ऋण है। बताओ, मैं उसे सुनकर कोई निर्णय करूँगा। मेरे मनका ऐसा ही निश्चय है ॥ ९० ॥

विरूप उवाच

शृणुष्वावहितो राजन् यथैतद् धारयाम्यहम् ।
विकृतस्यास्य राजर्षे निखिलेन नराधिप ॥ ९१ ॥

विरूप बोला—राजन् ! नरेश्वर ! आप सावधान होकर सुनें, राजर्षे ! इस विकृतका ऋण जिस प्रकार मैं धारण करता हूँ, वह सब पूर्णरूपसे बता रहा हूँ ॥ ९१ ॥

अनेन धर्मप्राप्त्यर्थं शुभा दत्ता पुरानघ ।
धेनुर्विप्राय राजर्षे तपःस्वाध्यायशीलिने ॥ ९२ ॥

निष्पाप राजर्षे ! इसने धर्मकी प्राप्तिके लिये एक तपस्वी और स्वाध्यायशील ब्राह्मणको एक दूध देनेवाली उत्तम गाय दी थी ॥ ९२ ॥

तस्याश्चायं मया राजन् फलमभ्येत्य याचितः ।
विकृतेन च मे दत्तं विशुद्धेनान्तरात्मना ॥ ९३ ॥

राजन् ! मैंने इसके घर जाकर इससे उसी गोदानका फल माँगा था और विकृतने शुद्ध हृदयसे मुझे वह दे दिया था ॥ ९३ ॥

ततो मे सुकृतं कर्म कृतमात्मविशुद्धये ।
गावौ च कपिले क्रीत्वा वत्सले बहुदोहने ॥ ९४ ॥
ते चोञ्छवृत्तये राजन् मया समपवर्जिते ।
यथाविधि यथाश्रद्धं तदस्याहं पुनः प्रभो ॥ ९५ ॥

तदनन्तर मैंने भी अपनी शुद्धिके लिये पुण्यकर्म किया। राजन् ! दो अधिक दूध देनेवाली कपिला गौएँ, जिनके साथ उनके बछड़े भी थे, खरीदकर उन्हें मैंने एक उञ्छवृत्तिवाले ब्राह्मणको विधि और श्रद्धापूर्वक दे दिया। प्रभो ! उसी गोदानका फल मैं पुनः इसे वापस करना चाहता हूँ ॥९४-९५॥

इहाद्यैव गृहीत्वा तु प्रयच्छे द्विगुणं फलम् ।
एवं स्यात् पुरुषव्याघ्र कः शुद्धः कोऽत्र दोषवान् ९६

पुरुषसिंह ! इससे एक गोदानका फल लेकर आज मैं इसे दूना फल लौटा रहा हूँ। ऐसी परिस्थितिमें आप स्वयं निर्णय कीजिये कि हम दोनोंमेंसे कौन शुद्ध है और कौन दोषी ? ॥ ९६ ॥

एवं विवदमानौ स्वस्त्वामिहाभ्यागतौ नृप ।
कुरु धर्ममधर्मं वा विनये नौ समादध ॥ ९७ ॥

नरेश्वर ! इस प्रकार आपसमें विवाद करते हुए हम दोनों

यहाँ आपके समीप आये हैं । आप निर्णय कीजिये । अब आप चाहे न्याय करें या अन्याय । इस झगड़ेका निपटारा कर दें । हम दोनोंको विशिष्ट न्यायके मार्गपर लगा दें ॥ ९७ ॥

यदि नेच्छति मे दानं यथा दत्तमनेन वै ।
भवानत्र स्थिरो भूत्वा मार्गे स्थापयिताद्य नौ ॥ ९८ ॥

इसने जिस तरह मुझे दान दिया है, उसी तरह यदि स्वयं भी मुझसे लेना नहीं चाहता है तो आप स्वयं सुस्थिर होकर हम दोनोंको धर्मके मार्गपर स्थापित कर दें ॥ ९८ ॥

राजोवाच

दीयमानं न गृह्णासि ऋणं कस्मात् त्वमद्य वै ।
यथैव तेऽभ्यनुज्ञातं तथा गृह्णीष्व मा चिरम् ॥ ९९ ॥

राजाने कहा—विकृत ! जब विरूप तुम्हें तुम्हारा दिया हुआ ऋण लौटा रहा है, तब तुम उसे आज ग्रहण क्यों नहीं करते ? जैसे इसने तुम्हारी दी हुई वस्तु स्वीकार कर ली थी, उसी प्रकार तुम भी इसकी दी हुई वस्तुको ले लो । विलम्ब न करो ॥ ९९ ॥

विकृत उवाच

धारयामीत्यनेनोक्तं ददानीति तथा मया ।
नायं मे धारयत्यद्य गच्छतां यत्र वाञ्छति ॥ १०० ॥

विकृत बोला—राजन् ! विरूपने अभी आपसे [illegible] है कि मैं ऋण धारण करता हूँ; परंतु मैंने उस [illegible] 'दान' [illegible] करके वह वस्तु इसे दी थी; इसलिये इसके ऊपर मेरा कोई ऋण नहीं है । अब यह जहाँ जाना चाहे, [illegible] सकता है ॥ १०० ॥

राजोवाच

ददतोऽस्य न गृह्णासि विषमं प्रतिभाति मे ।
दण्ड्यो हि त्वं मम मतो नास्त्यत्र खलु संशयः ॥ १०१ ॥

राजाने कहा—विकृत ! यह तुम्हें तुम्हारी वस्तु दे [illegible] है और तुम लेते नहीं हो । यह मुझे अनुचित जान पड़ता है; अतः मेरे मतमें तुम दण्डनीय हो; इसमें कोई संशय नहीं है ॥ १०१ ॥

विकृत उवाच

मयास्य दत्तं राजर्षे गृह्णीयां तत् कथं पुनः ।
काममत्रापराधो मे दण्डमाज्ञापय प्रभो ॥ १०२ ॥

विकृत बोला—राजर्षे ! मैंने इसे दान दिया था; फिर [illegible] दान इससे वापस कैसे ले लूँ । भले, इसमें मेरा अपराध समझा जाय; परंतु मैं दिया हुआ दान वापस नहीं ले सकता । प्रभो ! मुझे दण्ड भोगनेकी आज्ञा प्रदान करें ॥ १०२ ॥

विरूप उवाच

दीयमानं यदि मया नेषिष्यसि कथञ्चन ।
नियंस्यति त्वां नृपतिरयं धर्मानुशासकः ॥ १०३ ॥

विरूपने कहा—विकृत ! यदि तुम मेरी दी हुई [illegible] स्वीकार नहीं करोगे तो ये धर्मपूर्ण शासन करनेवाले नरेश तुम्हें कैद कर लेंगे ॥ १०३ ॥

विकृत उवाच

स्वं मया याचितेनेह दत्तं कथमिहाद्य तत् ।
गृह्णीयां गच्छतु भवानभ्यनुज्ञां ददानि ते ॥ १०४ ॥

विकृत बोला—तुम्हारे माँगनेपर मैंने अपना धन दानके रूपमें दिया था; फिर आज उसे वापस कैसे ले सकता हूँ ? तुम्हारे ऊपर मेरा कुछ भी पावना नहीं है । मैं तुम्हें जानेके लिये आज्ञा देता हूँ, तुम जाओ ॥ १०४ ॥

ब्राह्मण उवाच

श्रुतमेतत्त्वया राजन्ननयोः कथितं द्वयोः ।
प्रतिज्ञातं मया यत्ते तद् गृहाणाविचारितम् ॥ १०५ ॥

इसी बीचमें जापक ब्राह्मण बोल उठा—राजन् ! आपने इन दोनोंकी बातें सुन लीं । मैंने आपको देनेके लिये जो प्रतिज्ञा की है, उसके अनुसार आप मेरा दान बिना विचारे ग्रहण करें ॥ १०५ ॥

राजोवाच

प्रस्तुतं सुमहत् कार्यमनयोर्गह्वरं यथा ।
जापकस्य दृढीकारः कथमेतद् भविष्यति ॥ १०६ ॥

राजाने मन-ही-मन कहा—इन दोनोंका बड़ा भारी और गहन कार्य सामने आ गया है । इधर जापक ब्राह्मणका सुदृढ़ आग्रह ज्यों-का-त्यों बना हुआ है । इससे निपटारा कैसे होगा ॥ १०६ ॥

यदि तावन्न गृह्णामि ब्राह्मणेनापवर्जितम् ।
कथं न लिप्येयमहं पापेन महताद्य वै ॥ १०७ ॥

यदि मैं आज ब्राह्मणकी दी हुई वस्तु ग्रहण न करूँ तो किस प्रकार महान् पापसे निर्लिप्त रह सकूँगा ॥ १०७ ॥

तौ चोवाच स राजर्षिः कृतकार्यौ गमिष्यथः ।
नेदानीं मामिहासाद्य राजधर्मो भवेन्मृषा ॥ १०८ ॥

इसके बाद राजर्षि इक्ष्वाकुने उन दोनोंसे कहा—'तुम दोनों अपने विवादका निपटारा हो जानेपर ही यहाँसे जाना । इस समय मेरे पास आकर अपना कार्य पूर्ण हुए बिना न जाना । मुझे भय है कि राजधर्म मिथ्या अथवा कलङ्कित न हो जाय ॥

स्वधर्मः परिपाल्यस्तु राज्ञामिति विनिश्चयः ।
विप्रधर्मश्च गहनो मामनात्मानमाविशत् ॥ १०९ ॥

राजाओंको अपने धर्मका पालन करना चाहिये, यही शास्त्रका सिद्धान्त है । इधर मुझ अजितात्माके भीतर गहन ब्राह्मणधर्मने प्रवेश किया है ॥ १०९ ॥

ब्राह्मण उवाच

गृहाण धारयेऽहं च याचितं संश्रुतं [illegible] ।
न चेद् ग्रहीष्यसे राजञ्छपिष्ये त्वां न संशयः ॥ ११० ॥

ब्राह्मणने कहा—राजन् ! आपने जो वस्तु माँगी थी

और जिसे देनेकी मैंने प्रतिज्ञा कर ली थी, उसे मैं आपकी धरोहरके रूपमें अपने पास रखता हूँ; अतः शीघ्र उसे ले लें। यदि नहीं लेंगे तो निस्संदेह [illegible] आपको [illegible] दे दूँगा ॥ ११० ॥

राजोवाच

धिग्राजधर्मं यस्यायं कार्यस्येह विनिश्चयः।
इत्यर्थं मे ग्रहीतव्यं कथं तुल्यं भवेदिति ॥ १११ ॥

राजाने कहा—धिक्कार है राजधर्मको, जिसके कार्यका यहाँ यह परिणाम निकला। ब्राह्मणको और मुझको समान फलकी प्राप्ति कैसे हो, इसी उद्देश्यसे मुझे यह दान ग्रहण करना है ॥ १११ ॥

एष पाणिरपूर्वं [illegible] निक्षेपार्थं प्रसारितः।
यन्मे धारयसे विप्र तदिदानीं प्रदीयताम् ॥ ११२ ॥

ब्रह्मन्! यह मेरा हाथ जो आजसे पहले किसीके सामने नहीं फैलाया गया था, आज आपसे धरोहर लेनेके लिये आपके सामने फैला है। आप मेरा जो कुछ भी धरोहर धारण करते हैं, उसे इस समय मुझे दे दीजिये ॥ ११२ ॥

ब्राह्मण उवाच

संहितां जपता यावान् गुणः कश्चित् कृतो मया।
तत् सर्वं प्रतिगृह्णीष्व यदि किञ्चिदिहास्ति मे ॥ ११३ ॥

ब्राह्मणने कहा—राजन्! मैंने संहिताका [illegible] करते हुए कहींसे जितना भी पुण्य अथवा [illegible]गुण संग्रह किया है, वह सब आप ले लें। इसके सिवा भी मेरे पास जो कुछ पुण्य हो, उसे ग्रहण करें ॥ ११३ ॥

राजोवाच

जलमेतन्निपतितं [illegible] पाणौ द्विजोत्तम।
सममस्तु सहैवास्तु प्रतिगृह्णातु वै भवान् ॥ ११४ ॥

राजाने कहा—द्विजश्रेष्ठ! मेरे हाथपर यह संकल्पका ज[illegible] पड़ा हुआ है। मेरा और आपका सारा पुण्य हम दोनोंके लिये समान हो और हम साथ-साथ उसका उपभोग करें; इस उद्देश्यसे आप मेरा दिया हुआ दान भी ग्रहण करें ॥

विरूप उवाच

कामक्रोधौ विद्धि नौ त्वमावाभ्यां कारितो भवान्।
सहेति च यदुक्तं ते समा लोकास्तवास्य च ॥ ११५ ॥

विरूपने कहा—राजन्! आपको विदित हो कि हम दोनों काम और क्रोध हैं। हमने ही आपको इस कार्यमें लगाया है। आपने जो साथ साथ फल भोगनेकी बात कही है, इससे आपको और इस ब्राह्मणको एक समान लोक प्राप्त होंगे ॥ ११५ ॥

नायं धारयते किञ्चिज्जिज्ञासा त्वत्कृते कृता।
कालो धर्मस्तथा मृत्युः कामक्रोधौ तथा युवाम् ॥ ११६ ॥
सर्वमन्योन्यनिष्कर्षे निघृष्टं पश्यतस्तव।
गच्छ लोकान् जितान् स्वेन कर्मणा यत्र वाञ्छसि ॥ ११७ ॥

[illegible] मेरा साथी कुछ भी धारण नहीं करता अथवा मुझपर भी इसका कोई ऋण नहीं है। यह [illegible] खेल तो हमलोगोंने आपकी परीक्षा लेनेके लिये किया था। काल, धर्म, मृत्यु, [illegible], क्रोध और आप दोनों—ये सब-के-सब एक दूसरेकी कसौटीपर आपके देखते-देखते कसे गये हैं। [illegible] जहाँ आपकी इच्छा हो, अपने कर्मसे जीते हुए उन लोकोंमें जाइये ॥

जापकानां फलावाप्तिर्मया ते सम्प्रदर्शिता।
गतिः स्थानं च लोकाश्च जापकेन [illegible] जिताः ॥ ११८ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! जापकोंको किस प्रकार फलकी प्राप्ति होती है? इस बातका दिग्दर्शन मैंने तुम्हें करा दिया। जापक ब्राह्मणने कौन सी गति प्राप्त की? किस स्थानपर अधिकार किया? कौन-कौन-से लोक उसके लिये सुलभ हुए? और यह सब किस प्रकार सम्भव हुआ? ये बातें आगे बतायी जायँगी ॥ ११८ ॥

प्रयाति संहिताध्यायी ब्रह्माणं परमेष्ठिनम्।
अथवाग्निं समायाति सूर्यमाविशतेऽपि [illegible] ॥ ११९ ॥

संहिताका स्वाध्याय करनेवाला द्विज परमेष्ठी ब्रह्माको [illegible] होता है अथवा अग्निमें समा जाता है अथवा सूर्यमें प्रवेश कर जाता है ॥ ११९ ॥

स तैजसेन भावेन यदि [illegible] रमत्युत।
गुणांस्तेषां समाधत्ते रागेण प्रतिमोहितः ॥ १२० ॥

यदि वह जापक तैजस शरीरसे उन लोकोंमें रमण करता है तो रागसे मोहित होकर उनके गुणोंको अपने भीतर धारण कर लेता है ॥ १२० ॥

एवं सोमे [illegible] वायौ भूम्याकाशशरीरगः।
सरागस्तत्र वसति गुणांस्तेषां समाचरन् ॥ १२१ ॥

इसी प्रकार संहिताका जप करनेवाला पुरुष रागयुक्त होनेपर चन्द्रलोक, वायुलोक, भूमिलोक [illegible] अन्तरिक्षलोकके योग्य शरीर धारण करके वहाँ निवास करता है और उन लोकोंमें रहनेवाले पुरुषोंके गुणोंका आचरण करता रहता है ॥

अथ तत्र विरागी [illegible] गच्छति त्वथ संशयम्।
परमव्ययमिच्छन् स तमेवाविशते पुनः ॥ १२२ ॥

यदि उन लोकोंकी उत्कृष्टतामें संदेह हो जाय और इस कारण वह जापक वहाँसे विरक्त हो जाय तो वह उत्कृष्ट एवं अविनाशी मोक्षकी इच्छा रखता हुआ फिर उसी परमेष्ठी ब्रह्मामें प्रवेश कर जाता है ॥ १२२ ॥

अमृताच्चामृतं प्राप्तः शान्तीभूतो निरात्मवान्।
ब्रह्मभूतः स निर्द्वन्द्वः सुखी शान्तो निरामयः ॥ १२३ ॥

अन्य लोकोंकी अपेक्षा परमेष्ठिभावकी प्राप्ति अमृतरूप है। उससे भी उत्कृष्ट कैवल्यरूपी अमृतको प्राप्त होकर वह [illegible] (निष्काम), अहङ्कारशून्य, निर्द्वन्द्व, सुखी,

शान्तिपरायण तथा रोग-शोकसे रहित ब्रह्मस्वरूप हो जाता है ॥

ब्रह्मस्थानमनावर्तमेकमक्षरसंज्ञकम् ।
अदुःखमजरं शान्तं स्थानं तत् प्रतिपद्यते ॥१२४॥

ब्रह्मपद पुनरावृत्तिरहित, एक, अविनाशी, संज्ञारहित, दुःख-शून्य, अजर और शान्त आश्रय है, उसे ही वह जापक प्राप्त होता है ॥ १२४ ॥

चतुर्भिर्लक्षणैर्हीनं तथा षड्भिः सषोडशैः ।
पुरुषं तमतिक्रम्य आकाशं प्रतिपद्यते ॥१२५॥

जापक पूर्वोक्त परमेष्ठी पुरुष (सगुण ब्रह्म) से भी ऊपर उठकर आकाशस्वरूप निर्गुण ब्रह्मको प्राप्त होता है। वहाँ प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द—इन चारों प्रमाणों और लक्षणोंकी पहुँच नहीं है। क्षुधा, पिपासा, शोक, मोह तथा जरा और मृत्यु—ये छः तरङ्गे वहाँ नहीं हैं। पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँचों कर्मेन्द्रियाँ, पाँचों प्राण तथा मन—इन सोलह उपकरणोंसे भी वह रहित है ॥ १२५ ॥

अथ नेच्छति रागात्मा सर्वं तदधितिष्ठति ।
यच्च प्रार्थयते तच्च मनसा प्रतिपद्यते ॥१२६॥

यदि उसके मनमें भोगोंके प्रति राग है और वह निर्गुण ब्रह्मको प्राप्त होना नहीं चाहता है तो वह सभी पुण्यलोकोंका अधिष्ठाता बन जाता है और मनसे जिस वस्तुको पाना चाहता है, उसे तुरत प्राप्त कर लेता है ॥ १२६ ॥

अथवा चेक्षते लोकान् सर्वान् निरयसंज्ञितान् ।
निस्पृहः सर्वतो मुक्तस्तत्र वै रमते सुखम् ॥१२७॥

अथवा वह सम्पूर्ण उत्तम लोकोंको भी नरकके तुल्य देखता है और सब ओरसे निःस्पृह एवं मुक्त होकर उसी निर्गुण ब्रह्ममें सुखपूर्वक रमण करता है ॥ १२७ ॥

एवमेषा महाराज जापकस्य गतिर्यथा ।
एतत् ते सर्वमाख्यातं किं भूयः श्रोतुमिच्छसि॥१२८॥

महाराज ! इस प्रकार यह जापककी गति बतायी गयी है। यह सारा प्रसङ्ग मैंने कह सुनाया। अब तुम और क्या सुनना चाहते हो ?॥ १२८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि जापकोपाख्याने नवनवत्यधिकशततमोऽध्यायः॥ १९९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें जापकका उपाख्यानविषयक एक सौ निन्यानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥१९९ ॥

द्विशततमोऽध्यायः

जापक ब्राह्मण और राजा इक्ष्वाकुकी उत्तम गतिका वर्णन तथा जापकको मिलनेवाले फलकी उत्कृष्टता

युधिष्ठिर उवाच

किमुत्तरं तदा तौ स्म चक्रतुस्तस्य भाषिते ।
ब्राह्मणो वाथवा राजा तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! उस समय विरूपके पूर्वोक्त वचन कहनेपर ब्राह्मण और राजा इक्ष्वाकु उन दोनोंने उसे क्या उत्तर दिया, यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

अथवा तौ गतौ तत्र यदेतत् कीर्तितं त्वया ।
संवादो वा तयोः कोऽभूत् किं वा तौ तत्र चक्रतुः ॥२॥

तथा आपने जो यह सद्योमुक्ति, क्रममुक्ति और लोकान्तरकी प्राप्तिरूप तीन प्रकारकी गति बतायी है, उनमेंसे वे दोनों किस गतिको प्राप्त हुए ? उस समय उन दोनोंमें क्या बातचीत हुई और उन्होंने क्या किया ? ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

तथेत्येवं प्रतिश्रुत्य धर्मं सम्पूज्य च प्रभो ।
यमं कालं च मृत्युं च स्वर्गं सम्पूज्य चार्हतः ॥ ३ ॥
पूर्वं ये चापरे तत्र समेता ब्राह्मणर्षभाः ।
सर्वान् सम्पूज्य शिरसा राजानं सोऽब्रवीद् द्विजः॥४॥

भीष्मजीने कहा—प्रभो ! तब 'बहुत अच्छा' कहकर ब्राह्मणने धर्म, यम, काल, मृत्यु और स्वर्ग—इन सभी पूजनीय देवताओंका पूजन किया। वहाँ पहलेसे जो ब्राह्मण मौजूद थे और दूसरे भी जो श्रेष्ठ ब्राह्मण वहाँ पधारे थे, उन सबके चरणोंमें सिर झुकाकर सबकी यथोचित पूजा करके ब्राह्मणने राजासे कहा—॥ ३-४ ॥

फलेनानेन संयुक्तो राजर्षे गच्छ मुख्यताम् ।
[illegible] चाभ्यनुज्ञातो जपेयं भूय एव ह ॥ ५ ॥

'राजर्षे ! इस फलसे संयुक्त होकर आप श्रेष्ठ गतिको प्राप्त कीजिये और आपकी आज्ञा लेकर मैं फिर जपमें लग जाऊँगा ॥ ५ ॥

[illegible] पूर्वं हि दत्तो देव्या महाबल ।
श्रद्धा ते जपतो नित्यं भवत्विति विशाम्पते ॥ ६ ॥

'महाबली प्रजानाथ ! मुझे देवी सावित्रीने वर दिया है कि जपमें तुम्हारी नित्य श्रद्धा बनी रहेगी' ॥ ६ ॥

राजोवाच

यद्येवमफला सिद्धिः श्रद्धा च जपितुं [illegible] ।
गच्छ विप्र मया सार्धं जापकं फलमाप्नुहि ॥ [illegible] ॥

राजाने कहा—विप्रवर ! यदि इस प्रकार मुझे फल समर्पण करनेके कारण आपको फलकी प्राप्ति नहीं हो रही है और पुनः जप करनेमें ही आपकी श्रद्धा होती है तो आप मेरे साथ ही चलें और जप-दानजनित फलको प्राप्त करें ॥७॥

ब्राह्मण उवाच

कृतः प्रयत्नः सुमहान् सर्वेषां संनिधाविह ।
सह तुल्यफलावावां गच्छावो यत्र नौ गतिः ॥ ८ ॥

ब्राह्मणने कहा—राजन् ! मैंने यहाँ सबके सामने आपको अपने जपका फल देनेके लिये महान् प्रयत्न किया है; फिर भी आपका आग्रह साथ-साथ फलका उपभोग करनेका रहा है; अतः हम दोनों समान फलके ही भागी हों। चलिये

जापक ब्राह्मण एवं महाराज इक्ष्वाकुकी ऊर्ध्वगति

जहाँतक हम दोनोंकी गति हो सके, साथ-साथ चलें ॥ ८ ॥

भीष्म उवाच

व्यवसायं तयोस्तत्र विदित्वा त्रिदशेश्वरः ।
तं देशमुपययौ लोकपालैस्तथैव च ॥ ९ ॥
साध्या विश्वे मरुतो वाद्यानि सुमहान्ति च ।
नद्यः शैलाः समुद्राश्च तीर्थानि विविधानि च ॥ १० ॥
तपांसि संयोगविधिर्वेदाः स्तोभाः सरस्वती ।
नारदः पर्वतश्चैव विश्वावसुर्हहाहुहूः ॥ ११ ॥
गन्धर्वश्चित्रसेनश्च परिवारगणैर्युतः ।
नागाः सिद्धाश्च मुनयो देवदेवः प्रजापतिः ॥ १२ ॥
विष्णुः सहस्रशीर्षश्च देवोऽचिन्त्यः समागमत् ।
अवाद्यन्तान्तरिक्षे च भेर्यस्तूर्याणि वा विभो ॥ १३ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! उन दोनोंका वहाँ ऐसा निश्चय जानकर सम्पूर्ण देवताओं तथा लोकपालोंके साथ देवराज इन्द्र उस स्थानपर आये। उनके साथ साध्यगण, विश्वेदेव गण और मरुद्गण भी थे। बड़े-बड़े वाद्य बज रहे थे। नदियाँ, पर्वत, समुद्र, नाना प्रकारके तीर्थ, तपस्या, संयोग-विधि, वेद, स्तोभ (साम-गानकी पूर्तिके लिये बोले जानेवाले अक्षर हाई हाउ इत्यादि), सरस्वती, नारद, पर्वत, विश्वावसु, हाहा हूहू, परिवारसहित चित्रसेन गन्धर्व, नाग, सिद्ध, मुनि, देवाधिदेव प्रजापति ब्रह्मा, सहस्रों मस्तकवाले शेषनाग तथा अचिन्त्य देव भगवान् विष्णु भी वहाँ पधारे। प्रभो! उस समय आकाशमें भेरियाँ और तुरही आदि बाजे बज रहे थे ॥ ९—१३ ॥

पुष्पवर्षाणि दिव्यानि तत्र तेषां महात्मनाम् ।
ननृतुश्चाप्सरःसंघास्तत्र तत्र समन्ततः ॥ १४ ॥

वहाँ उन महात्माओंपर दिव्य फूलोंकी वर्षा होने लगी। झुंड-की-झुंड अप्सराएँ सब ओर नृत्य करने लगीं ॥ १४ ॥

अथ स्वर्गस्तथा रूपी ब्राह्मणं वाक्यमब्रवीत् ।
संसिद्धस्त्वं महाभाग त्वं च सिद्धस्तथा नृप ॥ १५ ॥

तदनन्तर मूर्तिमान् स्वर्गने ब्राह्मणसे कहा—'महाभाग! तुम सिद्ध हो गये।' फिर राजासे कहा—'नरेश्वर! तुम भी सिद्ध हो गये' ॥ १५ ॥

अथ तौ सहितौ राजन्नन्योन्यविधिना ततः ।
विषयप्रतिसंहारमुभावेव प्रचक्रतुः ॥ १६ ॥

राजन्! तदनन्तर वे दोनों एक दूसरेका उपकार करते हुए एक साथ हो गये। उन्होंने एक ही साथ अपने मनको विषयोंकी ओरसे हटा लिया ॥ १६ ॥

प्राणापानौ तथोदानं समानं व्यानमेव च ।
एवं तौ मनसि स्थाप्य दधतुः प्राणयोर्मनः ॥ १७ ॥
उपस्थितकृतौ तौ च नासिकाग्रमधो भ्रुवोः ।
भ्रुकुट्या चैव मनसा शनैर्धारयतस्तदा ॥ १८ ॥

तदनन्तर प्राण, अपान, उदान, समान और व्यान—इन पाँचों प्राण-वायुओंको हृदयमें स्थापित किया; इस प्रकार स्थित हुए उन दोनोंने मनको प्राण और अपानके साथ मिला दिया। भौंहोंके नीचे नासिकाके अग्रभागपर दृष्टि रखते हुए मनसहित प्राण-अपानको उन्होंने दोनों भौंहोंके बीच स्थिर किया ॥ १७-१८ ॥

निश्चेष्टाभ्यां शरीराभ्यां स्थिरदृष्टी समाहितौ ।
जितात्मानौ तथाऽऽधाय मूर्धन्यात्मानमेव च ॥ १९ ॥

इस प्रकार मनको जीतकर दृष्टिको एकाग्र करके उन दोनोंने प्राणसहित मनको सुषुम्णा मार्गद्वारा मूर्धामें स्थापित कर दिया। फिर वे दोनों समाधिमें स्थित हो गये। उस समय उन दोनोंके शरीर जडकी भाँति चेष्टाहीन हो गये ॥ १९ ॥

तालुदेशमथोद्दाल्य ब्राह्मणस्य महात्मनः ।
ज्योतिर्ज्वाला सुमहती जगाम त्रिदिवं तदा ॥ २० ॥

इसी समय महात्मा ब्राह्मणके तालुदेश (ब्रह्म-रन्ध्र) का भेदन करके एक ज्योतिर्मयी विशाल ज्वाला निकली और स्वर्गकी ओर चल दी ॥ २० ॥

हाहाकारस्तथा दिक्षु सर्वेषां सुमहानभूत् ।
तज्ज्योतिः स्तूयमानं स्म ब्रह्माणं प्राविशत् तदा ॥ २१ ॥
ततः स्वागतमित्याह तत् तेजः प्रपितामहः ।
प्रादेशमात्रं पुरुषं प्रत्युद्गम्य विशाम्पते ॥ २२ ॥

फिर तो सम्पूर्ण दिशाओंमें महान् कोलाहल मच गया। उस ज्योतिकी सभी लोग स्तुति करने लगे। प्रजानाथ! प्रादेशके बराबर लंबे पुरुषका आकार धारण किये वह तेजःपुञ्ज ब्रह्माजीके पास पहुँचा, तब ब्रह्माजीने आगे बढ़कर उसका स्वागत किया ॥ २१-२२ ॥

भूयश्चैवापरं प्राह वचनं मधुरं तदा ।
जापकैस्तुल्यफलता योगानां नात्र संशयः ॥ २३ ॥

ब्रह्माजीने उस तेजोमय पुरुषका स्वागत करनेके पश्चात् पुनः उससे मधुर वाणीमें इस प्रकार कहा—'विप्रवर! योगियोंको जो फल मिलता है, निस्संदेह वही फल जप करनेवालोंको भी प्राप्त होता है ॥ २३ ॥

योगस्य तावदेतेभ्यः प्रत्यक्षं फलदर्शनम् ।
जापकानां विशिष्टं तु प्रत्युत्थानं समाहितम् ॥ २४ ॥

'योगियोंको जिस फलकी प्राप्ति होती है, वह इन सभासदोंने प्रत्यक्ष देखा है; किंतु जापकोंको उनसे भी श्रेष्ठ फल प्राप्त होता है, यह सूचित करनेके लिये ही मैंने उठकर तुम्हारा स्वागत किया है ॥ २४ ॥

उष्यतां मयि चेत्युक्त्वाचेतयत् सततं पुनः ।
अथास्यं प्रविवेशास्य ब्राह्मणो विगतज्वरः ॥ २५ ॥

'अब तुम मेरे भीतर सुखपूर्वक निवास करो।' इतना कहकर ब्रह्माजीने उसे पुनः तत्त्वज्ञान प्रदान किया। आज्ञा पाकर वह ब्राह्मण-तेज रोग शोकसे मुक्त हो ब्रह्माजीके मुखारविन्दमें प्रविष्ट हो गया ॥ २५ ॥

राजाप्येतेन विधिना भगवन्तं पितामहम्।
यथैव द्विजशार्दूलस्तथैव प्राविशत् तदा ॥ २६ ॥

राजा इक्ष्वाकु भी उस श्रेष्ठ ब्राह्मणकी ही भाँति विधिपूर्वक भगवान् ब्रह्माजीके मुखारविन्दमें प्रविष्ट हो गये ॥ २६ ॥

स्वयम्भुवमथो देवा अभिवाद्य ततोऽब्रुवन्।
जापकानां विशिष्टं तु प्रत्युत्थानं समाहितम् ॥ २७ ॥

तदनन्तर देवताओंने ब्रह्माजीको प्रणाम करके कहा—'भगवन्! आपने जो आगे बढ़कर इस ब्राह्मणका स्वागत किया है, इससे सिद्ध हो गया कि जापकोंको योगियोंसे भी श्रेष्ठ फलकी प्राप्ति होती है ॥ २७ ॥

जापकार्थमयं यत्नो यदर्थं वयमागताः।
कृतपूजाविमौ तुल्यौ त्वया तुल्यफलाविमौ ॥ २८ ॥

'इस जापक ब्राह्मणको सद्गति देनेके लिये ही आपने ऐसा उद्योग किया था। इसीको देखनेके लिये हमलोग भी आये थे। आपने इन दोनोंका समानरूपसे आदर किया और ये दोनों-ही एक-सी स्थितिमें पहुँचकर आपके समान फलके भागी हुए हैं ॥ २८ ॥

योगजापकयोर्दृष्टं फलं सुमहदद्य वै।
सर्वाँल्लोकानतिक्रम्य गच्छेतां यत्र वाञ्छितम् ॥ २९ ॥

'आज हमलोगोंने योगी और जापकके महान् फलको प्रत्यक्ष देख लिया। वे सम्पूर्ण लोकोंको लाँघकर जहाँ उनकी इच्छा हो, जा सकते हैं' ॥ २९ ॥

ब्रह्मोवाच

महास्मृतिं पठेद् यस्तु तथैवानुस्मृतिं शुभाम्।
तावप्येतेन विधिना गच्छेतां मत्सलोकताम् ॥ ३० ॥

यश्च योगे भवेद् भक्तः सोऽपि नास्त्यत्र संशयः।
विधिनानेन देहान्ते मम लोकानवाप्नुयात्।
साधये गम्यतां चैव यथास्थानानि सिद्धये ॥ ३१ ॥

ब्रह्माजीने कहा—देवताओ! जो महास्मृति तथा कल्याणमयी अनुस्मृतिका पाठ करता है, वह भी इसी विधिसे मेरा सालोक्य प्राप्त कर लेता है। जो योगका भक्त है, वह भी देहत्यागके पश्चात् इसी विधिसे मेरे लोकोंको प्राप्त कर लेता है, इसमें संशय नहीं है। अब तुम सब लोग अपनी अभीष्ट-सिद्धिके लिये अपने-अपने स्थानको जाओ। मैं तुम लोगोंका अभीष्ट साधन करता रहूँगा ॥ ३०-३१ ॥

भीष्म उवाच

इत्युक्त्वा स तदा देवस्तत्रैवान्तरधीयत।
आमन्त्र्य च ततो देवा ययुः स्वं स्वं निवेशनम् ॥ ३२ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! ऐसा कहकर ब्रह्माजी वहीं अन्तर्धान हो गये। देवता भी उनकी आज्ञा पाकर अपने अपने स्थानको चले गये ॥ ३२ ॥

ते च सर्वे महात्मानो धर्मं सत्कृत्य तत्र वै।
पृष्ठतोऽनुययू राजन् सर्वे सुप्रीतचेतसः ॥ ३३ ॥

राजन्! फिर वे सभी महात्मा धर्मको सत्कारपूर्वक आगे करके प्रसन्नचित्त हो पीछे पीछे चल दिये ॥ ३३ ॥

एतत् फलं जापकानां गतिश्चैषा प्रकीर्तिता।
यथाश्रुतं महाराज किं भूयः श्रोतुमिच्छसि ॥ ३४ ॥

महाराज! मैंने जैसा सुना था, उसके अनुसार जापकोंको मिलनेवाले इस उत्तम फल और गतिका वर्णन किया। अब तुम और क्या सुनना चाहते हो? ॥ ३४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि जापकोपाख्याने द्विशततमोऽध्यायः ॥ २०० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें जापकका उपाख्यानविषयक दो सौवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २०० ॥

एकाधिकद्विशततमोऽध्यायः

बृहस्पतिके प्रश्नके उत्तरमें मनुद्वारा कामनाओंके त्यागकी एवं ज्ञानकी प्रशंसा तथा परमात्मतत्त्वका निरूपण

युधिष्ठिर उवाच

किं फलं ज्ञानयोगस्य वेदानां नियमस्य च।
भूतात्मा च कथं ज्ञेयस्तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! ज्ञानयोगका, वेदोंका तथा वेदोक्त नियम (अग्निहोत्र आदि) का क्या फल है? समस्त प्राणियोंके भीतर रहनेवाले परमात्माका ज्ञान कैसे हो सकता है? यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
मनोः प्रजापतेर्वादं महर्षेश्च बृहस्पतेः ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! इस विषयमें प्रजापति मनु तथा महर्षि बृहस्पतिके संवादरूप प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया जाता है ॥ २ ॥

प्रजापतिं श्रेष्ठतमं प्रजानां
देवर्षिसंघप्रवरो महर्षिः।
बृहस्पतिः प्रश्नमिमं पुराणं
पप्रच्छ शिष्योऽथ गुरुं प्रणम्य ॥ ३ ॥

एक समयकी बात है, देवता और ऋषियोंके समुदायमें प्रधान महर्षि बृहस्पतिने प्रजाओंके श्रेष्ठतम प्रजापति गुरु मनुको शिष्यभावसे प्रणाम करके यह प्राचीन प्रश्न पूछा— ॥

यत्कारणं यत्र विधिः प्रवृत्तो
ज्ञाने फलं यत्प्रवदन्ति विप्राः।

प्रजापति मनु एवं महर्षि बृहस्पतिका संवाद

यन्मन्त्रशब्दैरकृतप्रकाशं
तदुच्यतां मे भगवन् यथावत् ॥ [illegible] ॥

भगवन्! जो इस जगत्का कारण है, जिसके लिये वैदिक कर्मोंका अनुष्ठान किया जाता है, ब्राह्मण लोग जिसे ही ज्ञान होनेपर प्राप्त होनेवाला फल (परब्रह्म परमात्मा) बताते हैं तथा वेदके मन्त्र-वाक्योंद्वारा जिसका तत्त्व पूर्णरूपसे प्रकाशमें नहीं आता, उस नित्य वस्तुका आप मेरे लिये यथावद्रूपसे वर्णन कीजिये ॥ ४ ॥

यथार्थशास्त्रागममन्त्रविद्भि-
र्यज्ञैरनेकैरथ गोप्रदानैः ।
फलं महद्भिर्यदुपास्यते [illegible]
किं तत्कथं वा भविता क्व वा तत् ॥ ५ ॥

अर्थशास्त्र, आगम (वेद) और मन्त्रको जाननेवाले विद्वान् पुरुष अनेकानेक महान् यज्ञों और गोदानोंद्वारा जिस सुखमय फलकी उपासना करते हैं, वह क्या है, किस प्रकार प्राप्त होता है और कहाँ उसकी स्थिति है ? ॥ ५ ॥

मही महीजाः पवनोऽन्तरिक्षं
जलौकसश्चैव जलं दिवं च ।
दिवौकसश्चापि यतः प्रसूता-
स्तदुच्यतां मे भगवन् पुराणम् ॥ ६ ॥

भगवन्! पृथ्वी, पार्थिव पदार्थ, वायु, आकाश, जलजन्तु, [illegible] द्युलोक और देवता जिससे उत्पन्न होते हैं, वह पुरातन वस्तु क्या है ? यह मुझे बताइये ॥ ६ ॥

ज्ञानं यतः प्रार्थयते नरो वै
ततस्तदर्था भवति प्रवृत्तिः ।
[illegible] चाप्यहं वेद परं पुराणं
मिथ्याप्रवृत्तिं च कथं नु कुर्याम् ॥ ७ ॥

मनुष्यको जिस वस्तुका ज्ञान होता है, उसीको वह पाना चाहता है और पानेकी इच्छा उत्पन्न होनेपर उसके लिये वह [illegible] आरम्भ करता है, परंतु मैं तो उस पुरातन परमोत्कृष्ट वस्तुके विषयमें कुछ जानता ही नहीं हूँ; फिर उसे पानेके लिये झूठा [illegible] कैसे करूँ ? ॥ ७ ॥

ऋक्सामसंघांश्च यजूंषि चापि
च्छन्दांसि नक्षत्रगतिं निरुक्तम् ।
अधीत्य च व्याकरणं सकल्पं
शिक्षां च भूतप्रकृतिं न वेद्मि ॥ ८ ॥

मैंने ऋक्, साम और यजुर्वेदका [illegible] छन्दका अर्थात् अथर्ववेदका एवं नक्षत्रोंकी गति, निरुक्त, व्याकरण, कल्प और शिक्षाका भी अध्ययन किया है तो भी [illegible] आदि पाँचों महाभूतोंके उपादान कारणको न [illegible] सका ॥ ८ ॥

[illegible] मे भवान् शंसतु सर्वमेतत्
सामान्यशब्दैश्च विशेषणैश्च ।
स मे भवान् शंसतु तावदेत-
ज्ज्ञाने फलं कर्मणि वा यदस्ति ॥ ९ ॥
यथा च देहाच्च्यवते शरीरी
पुनः शरीरं [illegible] यथाभ्युपैति ।

अतः आप सामान्य और विशेष शब्दोंद्वारा इस सम्पूर्ण विषयका मेरे निकट वर्णन कीजिये । तत्त्वज्ञान होनेपर कौन-[illegible] फल प्राप्त होता है ? कर्म करनेपर किस फलकी उपलब्धि होती है ? देहाभिमानी जीव देहसे किस प्रकार निकलता है और फिर दूसरे शरीरमें कैसे प्रवेश करता है ?—ये सारी बातें भी आप मुझे बताइये ॥ ९½ ॥

मनुरुवाच

यद् यत्प्रियं यस्य सुखं तदाहु-
स्तदेव दुःखं प्रवदन्त्यनिष्टम् ॥ १० ॥
इष्टं च मे स्यादितरच्च न स्या-
देतत्कृते कर्मविधिः प्रवृत्तः ।
इष्टं त्वनिष्टं च न मां भजेते-
त्येतत्कृते ज्ञानविधिः प्रवृत्तः ॥ ११ ॥

मनुने कहा—जिसको जो-जो विषय प्रिय होता है, वही उसके लिये सुखरूप बताया गया है और जो अप्रिय होता है, उसे ही दुःखरूप कहा गया है । मुझे इष्ट (प्रिय) की प्राप्ति हो और अनिष्टका निवारण हो जाय, इसीके लिये कर्मोंका अनुष्ठान आरम्भ किया गया है तथा इष्ट और अनिष्ट दोनों ही मुझे प्राप्त न हों, इसके लिये ज्ञानयोगका उपदेश किया गया है ॥ १०-११ ॥

कामात्मकाश्छन्दसि कर्मयोगा
एभिर्विमुक्तः परमश्नुवीत ।
नानाविधे कर्मपथे सुखार्थी
नरः प्रवृत्तो [illegible] परं प्रयाति ॥ १२ ॥

वेदमें जो कर्मोंके प्रयोग बताये गये हैं, वे प्रायः सकामभावसे युक्त हैं । जो इन कामनाओंसे मुक्त होता है, वही परमात्माको पा सकता है । नाना प्रकारके कर्ममार्गमें सुखकी इच्छा रखकर प्रवृत्त होनेवाला मनुष्य परमात्माको प्राप्त नहीं होता ॥ १२ ॥

बृहस्पतिरुवाच

इष्टं त्वनिष्टं च सुखासुखे च
साशीस्त्वनुच्छन्दति कर्मभिश्च ।

बृहस्पतिने कहा—भगवन्! सुख सबको अभीष्ट होता है और दुःख किसीको भी प्रिय नहीं होता । इष्टकी प्राप्ति और अनिष्टके निवारणके लिये जो कामना होती है, वही मनुष्योंसे कर्म करवाती है और उन कर्मोंद्वारा उनका मनोरथ पूर्ण करती है; अतः कामनाको आप त्याज्य [illegible] बताते हैं ? ॥ १२½ ॥

मनुरुवाच

एभिर्विमुक्तः परमाविवेश
एतत् कृते कर्मविधिः प्रवृत्तः ।

कामात्मकांश्छन्दति कर्मयोग
एभिर्विमुक्तः परमाददीत ॥ १३ ॥

मनुने कहा—मनुष्य इन कामनाओंसे मुक्त हो निष्काम भावसे कर्मोंका अनुष्ठान करके परब्रह्म परमात्माको प्राप्त करे, इसी उद्देश्यसे कर्मोंका विधान किया है, वेदमें स्वर्ग आदिकी कामनासे जो योगादि कर्मोंका विधान किया गया है, वह उन्हीं मनुष्योंको अपने जालमें फँसाता है, जिनका मन भोगोंमें आसक्त है। वास्तवमें इन कामनाओंसे दूर रहकर परमात्माको ही प्राप्त करनेका प्रयत्न करे (भगवत्प्राप्तिके लिये ही कर्म करे, क्षुद्रभोगोंके लिये नहीं) ॥ १३ ॥

आत्मादिभिः कर्मभिरिन्ध्यमानो
धर्मे प्रवृत्तो द्युतिमान् सुखार्थी ।
परं हि तत् कर्मपथादपेतं
निराशिषं ब्रह्मपरं ह्यवैति ॥ १४ ॥

जब मन नित्य कर्मोंके अनुष्ठानसे राग आदि दोषोंको दूर करके दर्पणकी भाँति स्वच्छ एवं दीप्तिमान् हो जाता है, तब वह द्युतिमान् (सदसद्-विवेकके प्रकाशसे युक्त) और नित्य सुखका अभिलाषी (मुमुक्षु) होकर निर्वाणभावसे धर्ममें प्रवृत्त होता है एवं कर्ममार्गसे अतीत तथा कामनाओंसे रहित [illegible] परमात्माका साक्षात्कार कर लेता है ॥ १४ ॥

प्रजाः सृष्टा मनसा कर्मणा [illegible]
द्वावेवैतौ सत्पथौ लोकजुष्टौ ।
दृष्टं कर्म शाश्वतं चान्तवच्च
मनस्त्यागः कारणं नान्यदस्ति ॥ १५ ॥

ब्रह्माजीने मन और कर्म—इन दोनोंके सहित प्रजाकी सृष्टि की है; अतः ये दोनों लोकसेवित सन्मार्गरूप हैं। कर्म दो प्रकारका देखा गया है—एक सनातन और दूसरा विनाशशील, (मोक्षका हेतुभूत कर्म सनातन है और नश्वर भोगोंकी प्राप्ति करानेवाला नाशवान् है) मनके द्वारा किये जानेवाले फलकी इच्छाका त्याग ही कर्मोंको सनातन बनाने और उनके द्वारा परब्रह्मकी प्राप्ति करानेमें कारण है, दूसरा कुछ नहीं ॥

स्वेनात्मना चक्षुरिव प्रणेता
निशात्यये तमसा संवृतात्मा ।
ज्ञानं तु विज्ञानगुणेन युक्तं
कर्माशुभं पश्यति वर्जनीयम् ॥ १६ ॥

जब रात बीत जाती है और अन्धकारका आवरण हट जाता है, [illegible] समय जैसे चलनेमें प्रवृत्त करनेवाला नेत्र अपने तैजस स्वरूपसे युक्त हो रास्तेमें पड़े हुए त्यागने योग्य काँटे आदिको देखते हैं, उसी प्रकार बुद्धि भी मोहका पर्दा हट जानेपर ज्ञानके प्रकाशसे युक्त हो त्यागने योग्य अशुभ कर्मको देखती है ॥ १६ ॥

सर्पान् कुशाग्राणि तथोदपानं
ज्ञात्वा मनुष्याः परिवर्जयन्ति ।
अज्ञानतस्तत्र पतन्ति केचि-
ज्ज्ञाने फलं पश्य यथा विशिष्टम् ॥ १७ ॥

मनुष्य जब जान लेते हैं कि रास्तेमें सर्प है, कुशोंके काँटे हैं और कुएँ हैं, तब उनसे बचकर निकलते हैं। जो नहीं जानते हैं, ऐसे कितने ही पुरुष उन्हींपर गिर पड़ते हैं। अतः ज्ञानका जो विशिष्ट फल है, उसे तुम प्रत्यक्ष देख लो ॥ १७ ॥

कृत्स्नस्तु मन्त्रो विधिवत् प्रयुक्तो
यज्ञा यथोक्तास्त्विह दक्षिणाश्च ।
अन्नप्रदानं मनसः समाधिः
पञ्चात्मकं कर्मफलं वदन्ति ॥ १८ ॥

विधिपूर्वक सम्पूर्ण मन्त्रोंका उच्चारण, वेदोक्त विधानके अनुसार यज्ञोंका अनुष्ठान, यथायोग्य दक्षिणा, अन्नका दान और मनकी एकाग्रता—इन पाँच अङ्गोंसे सम्पन्न होनेपर ही यज्ञ-कर्मका पूरा पूरा फल प्राप्त होता है, ऐसा विद्वान् पुरुष कहते हैं ॥ १८ ॥

गुणात्मकं कर्म वदन्ति वेदा-
स्तस्मान्मन्त्रो मन्त्रपूर्वं हि कर्म ।
विधिर्विधेयं मनसोपपत्तिः
[illegible] भोक्ता तु तथा शरीरी ॥ १९ ॥

वेदोंका कहना है कि कर्म त्रिगुणात्मक होते हैं अर्थात् सात्त्विक, राजस और तामस भेदसे तीन प्रकारके होते हैं; इसीलिये मन्त्र भी सात्त्विक आदि भेदसे तीन प्रकारके ही होते हैं; क्योंकि मन्त्रोच्चारणपूर्वक ही कर्मका अनुष्ठान किया जाता है। इसी तरह उन कर्मोंकी विधि, विधेय (उनके लिये किया जानेवाला कार्य), मनके द्वारा अभीष्ट फलकी सिद्धि और उसका भोक्ता देहाभिमानी जीव—ये सभी तीन-तीन प्रकारके होते हैं ॥ १९ ॥

शब्दाश्च रूपाणि रसाश्च पुण्याः
स्पर्शाश्च गन्धाश्च शुभास्तथैव ।
नरो न संस्थानगतः प्रभुः स्या-
देतत् फलं सिद्ध्यति कर्मलोके ॥ २० ॥

शब्द, रूप, पवित्र रस, सुखद स्पर्श और सुन्दर गन्ध—ये ही कर्मोंके फल हैं; किंतु इस शरीरमें स्थित हुआ मनुष्य इन फलोंको प्राप्त करनेमें समर्थ नहीं है। कर्मोंके फलकी प्राप्ति जो उनका फल भोगनेके लिये [illegible] शरीरमें होती है, वह दैवाधीन है ॥ २० ॥

यद् यच्छरीरेण करोति कर्म
शरीरयुक्तः समुपाश्नुते तत् ।
शरीरमेवायतनं सुखस्य
दुःखस्य चाप्यायतनं शरीरम् ॥ २१ ॥

जीव शरीरसे जो-जो अशुभ या शुभ कर्म करता है, शरीरसे युक्त हुआ ही उसके फलोंको भोगता है; क्योंकि शरीर ही सुख और दुःख भोगनेका स्थान है ॥ २१ ॥

वाचा तु यत् कर्म करोति किंचिद्
वाचैव सर्वं समुपाश्नुते तत्।
मनस्तु यत् कर्म करोति किंचि-
न्मनःस्थ एवायमुपाश्नुते तत् ॥ २२ ॥

मनुष्य वाणीद्वारा जो कोई कर्म करता है, उसका सारा फल वह वाणीद्वारा ही भोगता है और मनसे जो कुछ कर्म करता है, उसका फल यह जीवात्मा मनके साथ हुआ मनसे ही भोगता है ॥ २२ ॥

यथा यथा कर्मगुणं फलार्थी
करोत्ययं कर्मफले निविष्टः।
तथा तथायं गुणसम्प्रयुक्तः
शुभाशुभं कर्मफलं भुनक्ति ॥ २३ ॥

फलकी इच्छा रखनेवाला मनुष्य कर्मके फलमें आसक्त हो जैसे-जैसे गुणवाला—सात्त्विक, राजस या तामस कर्म करता है, वैसे-ही-वैसे गुणोंसे प्रेरित होकर इसे उस कर्मका शुभाशुभ फल भोगना पड़ता है ॥ २३ ॥

मत्स्यो यथा स्रोत इवाभिपाती
तथा कृतं पूर्वमुपैति कर्म।
शुभे त्वसौ तुष्यति दुष्कृते तु
न तुष्यते वै परमः शरीरी ॥ २४ ॥

जैसे मछली जलके बहावके साथ बह जाती है, उसी प्रकार मनुष्य पहिलेके किये हुए कर्मका अनुसरण करता है। उसे उस कर्मप्रवाहमें बहना पड़ता है; परंतु उस दशामें भी श्रेष्ठ देहधारी जीव शुभ फल मिलनेपर तो संतुष्ट होता है और अशुभ फल प्राप्त होनेपर दुखी हो जाता है (यह उसकी मूढ़ता ही तो है) ॥ २४ ॥

यतो जगत् सर्वमिदं प्रसूतं
ज्ञात्वाऽऽत्मवन्तो व्यतियान्ति यत् तत्।
यन्मन्त्रशब्दैरकृतप्रकाशं
तदुच्यमानं शृणु मे परं यत् ॥ २५ ॥

जिससे इस सम्पूर्ण जगत्‌की उत्पत्ति हुई है, जिसे जानकर मनको वशमें रखनेवाले ज्ञानी पुरुष इस संसारको लाँघकर परमपद प्राप्त कर लेते हैं तथा वेदके मन्त्रवाक्योंद्वारा जिसका तात्त्विक स्वरूप पूर्णतः प्रकाशमें नहीं आता, उस सर्वोत्कृष्ट वस्तुका मैं वर्णन करता हूँ, सुनो ॥ २५ ॥

रसैर्विमुक्तं विविधैश्च गन्धै-
रशब्दमस्पर्शमरूपवच्च।
अग्राह्यमव्यक्तमवर्णमेकं
पञ्चप्रकारान् ससृजे प्रजानाम् ॥ २६ ॥

वह अनिर्वचनीय वस्तु नाना प्रकारके रस और भाँति-भाँतिके गन्धोंसे रहित है। शब्द, स्पर्श एवं रूपसे भी शून्य है। मन, बुद्धि और वाणीद्वारा भी उसका ग्रहण नहीं हो सकता। वह अव्यक्त, अद्वितीय तथा रूप-रंगसे रहित है तथापि उसीने प्रजाओंके लिये रूप, रस आदि पाँचों विषयोंकी सृष्टि की है ॥ २६ ॥

न स्त्री पुमान् नापि नपुंसकं च
न सन्न चासत् सदसच्च तन्न।
पश्यन्ति यद् ब्रह्मविदो मनुष्या-
स्तदक्षरं न क्षरतीति विद्धि ॥ २७ ॥

वह न तो स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। न सत् है, न असत् है और न सदसत् उभयरूप ही है। ब्रह्मज्ञानी पुरुष ही उसका साक्षात्कार करते हैं। उसका कभी क्षय नहीं होता; इसलिये वह अविनाशी परब्रह्म परमात्मा अक्षर कहलाता है, इस बातको अच्छी तरह समझ लो ॥ २७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मनुबृहस्पतिसंवादे एकाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मनु और बृहस्पतिका संवादविषयक दो सौ एकवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २०१ ॥

द्व्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

आत्मतत्त्वका और बुद्धि आदि प्राकृत पदार्थोंका विवेचन तथा उसके साक्षात्कारका उपाय

मनुरुवाच

अक्षरात् खं ततो वायुस्ततो ज्योतिस्ततो जलम्।
जलात् प्रसूता जगती जगत्यां जायते जगत् ॥ १ ॥

मनु कहते हैं—बृहस्पते! अविनाशी परमात्मासे आकाश, आकाशसे वायु, वायुसे अग्नि, अग्निसे जल और जलसे यह पृथ्वी उत्पन्न हुई है। इस पृथ्वीमें ही सम्पूर्ण पार्थिव जगत्‌की उत्पत्ति होती है ॥ १ ॥

एतैः शरीरैर्जलमेव गत्वा
जलाच्च तेजः पवनोऽन्तरिक्षम्।
खाद् वै निवर्तन्ति न भाविनस्ते
मोक्षं च ते वै परमाप्नुवन्ति ॥ २ ॥

वे पूर्वोक्त शरीरोंके साथ (पार्थिव शरीरके बाद) प्राणियोंका जलमें लय होता है; फिर वे जलसे अग्निमें, अग्निसे वायुमें और वायुसे आकाशमें लीन होते हैं। आकाशसे सृष्टिकालमें फिर वे पूर्वोक्त क्रमसे उत्पन्न होते हैं; परंतु जो ज्ञानी हैं, वे मोक्षस्वरूप परमात्माको प्राप्त हो जाते हैं। उनका पुनः इस संसारमें जन्म नहीं होता ॥ २ ॥

नोष्णं न शीतं मृदु नापि तीक्ष्णं
नाम्लं कषायं मधुरं न तिक्तम्।

न शब्दवन्नापि च गन्धवत्त-
न्न रूपवत्तत् परमस्वभावम् ॥ ३ ॥

वह परमात्मतत्त्व न गर्म है न शीतल, न कोमल है न तीक्ष्ण, न खट्टा है न कसैला, न मीठा है न तीता। शब्द, गन्ध और रूपसे भी वह रहित है। उसका स्वरूप सबसे उत्कृष्ट एवं विलक्षण है ॥ ३ ॥

स्पर्शं तनुर्वेद रसं च जिह्वा
घ्राणं च गन्धान् श्रवणौ च शब्दान्।
रूपाणि चक्षुर्न च तत्परं यद्
गृह्णन्त्यनध्यात्मविदो मनुष्याः ॥ ४ ॥

त्वचा स्पर्शका, जिह्वा रसका, घ्राणेन्द्रिय गन्धका, कान शब्दका और नेत्र रूपका ही अनुभव करते हैं। ये इन्द्रियाँ परमात्माको [illegible] नहीं कर सकतीं। अध्यात्मज्ञानसे हीन मनुष्य परमात्मतत्त्वका अनुभव नहीं कर सकते ॥ ४ ॥

निवर्तयित्वा रसनां रसेभ्यो
घ्राणं च गन्धाच्छ्रवणौ च शब्दात्।
स्पर्शात् त्वचं रूपगुणात् तु चक्षु-
स्ततः परं पश्यति स्वं स्वभावम् ॥५॥

अतः जो जिह्वाको रससे, नासिकाको गन्धसे, कानोंको शब्दसे, त्वचाको स्पर्शसे और नेत्रोंको रूपसे हटाकर अन्तर्मुखी [illegible] लेता है, वही अपने मूलस्वरूप [illegible] साक्षात्कार कर सकता है ॥ ५ ॥

यतो गृहीत्वा हि करोति [illegible]
यस्मिंश्च तामारभते प्रवृत्तिम्।
यस्मिंश्च यद् येन [illegible] कर्ता
यत् कारणं ते समुदायमाहुः ॥ ६ ॥

महर्षिगण कहते हैं जो कर्ता जिस कारणसे, जिस फलके उद्देश्यसे, जिस देश या कालमें, जिस प्रिय [illegible] अप्रियके निमित्त, जिस राग या द्वेषसे प्रभावित हो प्रवृत्तिमार्गका आश्रय ले जिस कर्मको करता है, इन सबके समुदायका जो कारण है, वही सबका स्वरूपभूत परब्रह्म परमात्मा है ॥ ६ ॥

यद् व्याप्यभूद् व्यापकं साधकं च
यन्मन्त्रवत् स्थास्यति चापि लोके।
यः सर्वहेतुः परमात्मकारी
तत् कारणं कार्यमतो यदन्यत् ॥ ७ ॥

श्रुतिके कथनानुसार जो व्यापक, व्याप्य और उनका साधन है, जो सम्पूर्ण लोकमें सदा ही स्थित रहनेवाला कूटस्थ, सबका कारण और स्वयं ही [illegible] कुछ करनेवाला है, वही परम कारण है। उसके सिवा जो कुछ है, सब कार्यमात्र है ॥ ७॥

यथा [illegible] कश्चित् सुकृतैर्मनुष्यः
शुभाशुभं प्राप्नुतेऽथाविरोधात्।
एवं शरीरेषु शुभाशुभेषु
स्वकर्मजैर्ज्ञानमिदं निबद्धम् ॥ ८ ॥

जैसे कोई मनुष्य भलीभाँति किये हुए कर्मोंद्वारा [illegible] किसी प्रतीकारके विभिन्न देश और कालमें उनका शुभाशुभ [illegible] पाता है, उसी प्रकार अपने कर्मानुसार [illegible] उत्तम और अधम शरीरोंमें यह चिन्मय ज्ञान बिना किसी विरोधके स्थित रहता है ॥ ८ ॥

यथा प्रदीप्तः पुरतः प्रदीपः
प्रकाशमन्यस्य करोति दीप्यन्।
तथेह पञ्चेन्द्रियदीपवृक्षा
ज्ञानप्रदीप्ताः परवन्त एव ॥ ९ ॥

जिस प्रकार अग्निसे प्रज्वलित दीपक स्वयं प्रकाशित होता हुआ पासमें स्थित अन्य वस्तुओंको भी प्रकाशित कर देता है, उसी प्रकार इस शरीररूप वृक्षमें स्थित पाँच इन्द्रियाँ चैतन्यरूपी ज्ञानके प्रकाशसे प्रकाशित होकर विषयोंको प्रकाशित करती हैं (उनका प्रकाश चिन्मय प्रकाशके ही अधीन होनेके कारण वे पराधीन हैं। स्वतः प्रकाश करनेमें समर्थ नहीं हैं)॥

यथा च राज्ञो बहवो ह्यमात्याः
पृथक् प्रमाणं प्रवदन्ति युक्ताः।
तद्वच्छरीरेषु भवन्ति पञ्च
ज्ञानैकदेशाः परमः स तेभ्यः ॥ १० ॥

जैसे किसी राजाके द्वारा भिन्न-भिन्न कार्योंमें नियुक्त किये गये बहुत-से मन्त्री अपने पृथक्-पृथक् कार्योंकी जानकारी राजाको कराते हैं। उसी प्रकार शरीरोंमें स्थित पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ अपने-अपने एकदेशीय विषयका परिचय राजस्थानीय बुद्धिको देती हैं। जैसे मन्त्रियोंसे राजा श्रेष्ठ है, उसी प्रकार उन पाँचों इन्द्रियोंसे उनका प्रवर्तक वह ज्ञान श्रेष्ठ है ॥ १० ॥

यथार्चिषोऽग्नेः पवनस्य वेगो
मरीचयोऽर्कस्य नदीषु चापः।
गच्छन्ति चायान्ति [illegible] संचरन्त्य-
स्तद्वच्छरीराणि शरीरिणां तु ॥ ११ ॥

जैसे अग्निकी शिखाएँ, वायुका वेग, सूर्यकी किरणें और नदियोंका बहता हुआ जल—ये सदा आते-जाते रहते हैं, इसी प्रकार देहधारियोंके शरीर भी आवागमनके प्रवाहमें पड़े हुए हैं ॥ ११ ॥

यथा च कश्चित् परशुं गृहीत्वा
धूमं न पश्येज्ज्वलनं च काष्ठे।
तद्वच्छरीरोदरपाणिपादं
छित्त्वा न पश्यन्ति ततो यदन्यत् ॥१२॥

जैसे कोई मनुष्य कुल्हाड़ी लेकर लकड़ीको चीरे तो उसमें उसे न तो आग दिखायी देगी और न धुआँ ही प्रकट होगा, उसी प्रकार इस शरीरका पेट फाड़ने या हाथ-पैर काटनेसे कोई उसे नहीं देख पाता, जो अन्तर्यामी आत्मा शरीरसे भिन्न है ॥ १२ ॥

तान्येव काष्ठानि यथा विमथ्य
धूमं च पश्येज्ज्वलनं च योगात्।

तद्वत् सबुद्धिः सममिन्द्रियं[illegible]
बुधः परं पश्यति तं स्वभावम् ॥ १३ ॥

परतु उन्हीं काठोंका युक्तिपूर्वक मन्थन करनेपर जैसे अग्नि और धूम दोनों ही देखनेमें आते हैं, उसी प्रकार योगके द्वारा मन और इन्द्रियोंको बुद्धिके सहित समाहित कर लेनेवाला बुद्धिमान् ज्ञानी पुरुष इन सबसे परम श्रेष्ठ उस ज्ञानको और आत्माको साक्षात् कर लेता है ॥ १३ ॥

यथात्मनोऽङ्गं पतितं पृथिव्यां
स्वप्नान्तरे पश्यति चात्मनोऽन्यत् ।
श्रोत्रादियुक्तः सुमनाः सुबुद्धि-
र्लिङ्गात्तथा गच्छति लिङ्गमन्यत् ॥ १४ ॥

जैसे स्वप्नमें मनुष्य अपने शरीरके कटे हुए अङ्गको अपनेसे अलग और पृथ्वीपर पड़ा देखता है, उसी प्रकार दस इन्द्रिय, पाँच प्राण तथा मन और बुद्धि—इन सत्रह तत्त्वोंके समुदायका अभिमानी शुद्ध मन और बुद्धिवाला मनुष्य शरीरको अपनेसे पृथक् जाने । जो ऐसा नहीं जानता, वही एक शरीरसे दूसरे शरीरमें जन्म लेता रहता है ॥ १४ ॥

उत्पत्तिवृद्धिव्ययसंनिपातै-
र्न युज्यतेऽसौ परमः शरीरी ।
अनेन लिङ्गेन [illegible] लिङ्गमन्यद्
गच्छत्यदृष्टः फलसंनियोगात् ॥ १५ ॥

आत्मा शरीरसे सर्वथा भिन्न है । वह इसके उत्पत्ति, वृद्धि, क्षय और मृत्यु आदि दोषोंसे कभी लिप्त नहीं होता । किंतु अज्ञानी मनुष्य पूर्वकृत कर्मोंके फलके सम्बन्धसे इस ऊपर बताये हुए सूक्ष्म शरीरके सहित दूसरे शरीरमें चला जाता है ॥ १५ ॥

न चक्षुषा पश्यति रूपमात्मनो
[illegible] चापि संस्पर्शमुपैति किंचित् ।
[illegible] चापि तैः साधयते तु कार्यं
ते तं न पश्यन्ति स पश्यते तान् ॥१६॥

कोई भी इन चर्मचक्षुओंके द्वारा आत्माके स्वरूपको नहीं देख [illegible] । अपनी त्वचासे उसका स्पर्श भी नहीं कर सकता । भाव यह [illegible] इन्द्रियोंद्वारा आत्माको जाननेका कोई कार्य नहीं किया जा सकता । वे इन्द्रियाँ उसे नहीं देखतीं; पर वह आत्मा उन सबको देखता है ॥ १६ ॥

यथा समीपे ज्वलतोऽनलस्य
संतापजं रूपमुपैति कश्चित् ।
न चान्तरं रूपगुणं बिभर्ति
तथैव तद् दृश्यति रूपमस्य ॥ १७ ॥

जैसे कोई लोहा आदि पदार्थ समीप जलती हुई आगकी गर्मीसे [illegible] रंगका हो जाता है और उसमें दाहकताका गुण भी थोड़ी मात्रामें आ जाता है; परंतु वह उसके वास्तविक आन्तरिक रूप और गुणको धारण नहीं करता, उसी प्रकार [illegible] स्वरूप चैतन्यमात्र इन्द्रियादिके समूह शरीरमें दिखायी देता है, किंतु उनका समुदायभूत शरीर वास्तवमें चेतन नहीं होता । एवं समीपस्थ वस्तुका [illegible] रूप होता है वैसा ही रूप [illegible] अग्निका भी प्रतीत होने लगता है ॥ १७ ॥

[illegible] मनुष्यः परिमुच्य काय-
मदृश्यमन्यद् विशते शरीरम् ।
विसृज्य भूतेषु महत्सु देहं
तदाश्रयं चैव बिभर्ति रूपम् ॥ १८ ॥

इसी तरह मनुष्य अपने दृश्य शरीरका त्याग करके जब दूसरे अदृश्य शरीरमें प्रवेश [illegible] है, तब पहलेके स्थूल शरीरको [illegible] महाभूतोंमें मिलनेके लिये छोड़कर दूसरे शरीरका [illegible] ले उसीको अपना स्वरूप मानकर धारण करता है ॥

खं वायुमग्निं सलिलं तथोर्वीं
समन्ततोऽभ्याविशते शरीरी ।
नानाश्रयाः कर्मसु वर्तमानाः
श्रोत्रादयः पञ्च गुणाञ्श्रयन्ते ॥ १९ ॥

देहाभिमानी जीव जब शरीर छोड़ता है, तब उस शरीरमें जो आकाशका अंश होता है, वह सब प्रकारसे आकाशमें, वायुका अंश वायुमें, अग्निका अंश अग्निमें, जलका अंश जलमें [illegible] पृथ्वीका अंश पृथ्वीमें विलीन हो [illegible] है । किंतु इन नाना भूतोंके आश्रित जो श्रोत्र आदि तत्त्व हैं, वे विलीन न होकर अपने-अपने कर्मोंमें प्रवृत्त रहते हैं और दूसरे शरीरमें जाकर पाँचों भूतोंका आश्रय ले लेते हैं ॥ १९ ॥

श्रोत्रं खतो घ्राणमथो पृथिव्या-
स्तेजोमयं रूपमथो विपाकः ।
जलाश्रयं स्वेदमुक्तं रसं [illegible]
वाय्वात्मकः स्पर्शकृतो गुणश्च ॥ २० ॥

आकाशसे श्रोत्रेन्द्रिय (और उसका विषय शब्द), पृथ्वीसे घ्राणेन्द्रिय (और उसका विषय गन्ध) होता है [illegible] रूप और विपाक ये दोनों (एवं नेत्र-इन्द्रिय)—ये सब तेजोमय हैं । स्वेद एवं [illegible] (और रसना-) इन्द्रिय—ये जलके आश्रित [illegible] । एवं स्पर्श करनेवाली इन्द्रिय और स्पर्श यह वायुस्वरूप है ॥ २० ॥

महत्सु भूतेषु वसन्ति [illegible]
पञ्चेन्द्रियार्थाश्च तथेन्द्रियाणि ।
सर्वाणि चैतानि मनोऽनुगानि
बुद्धिं मनोऽन्वेति मतिः स्वभावम् ।२१।

पाँचों इन्द्रियोंके पाँचों विषय तथा पाँचों इन्द्रियाँ भी [illegible] सूक्ष्म महाभूतोंमें निवास करते हैं, ये शब्द आदि विषय, [illegible] आदि भूत तथा श्रोत्र आदि इन्द्रियाँ सब-के-सब मनके अनुगामी हैं । मन बुद्धिका अनुसरण करता है और बुद्धि आत्माका आश्रय लेकर रहती है ॥ २१ ॥

शुभाशुभं कर्म कृतं यदन्यत्
तदेव प्रत्याददते स्वदेहे ।
मनोऽनुवर्तन्ति परावराणि
जलौकसः स्रोत इवानुकूलम् ॥ २२ ॥

जब जीवात्मा अपने कर्मोंद्वारा उपार्जित नवीन शरीरमें स्थित होता है, उस समय वह पहले जो शुभाशुभ कर्म किये हुए है उन्हींका फल प्राप्त करता है। जैसे जल-जन्तु जलके अनुकूल प्रवाहका अनुसरण करते हैं, उसी प्रकार पूर्वकृत अच्छे और बुरे कर्म मनका अनुगमन करते हैं अर्थात् मनके द्वारा फल प्रदान करते हैं ॥ २२ ॥

चलं यथा दृष्टिपथं परैति
सूक्ष्मं महद् रूपमिवाभिभाति ।
स्वरूपमालोचयते च रूपं
परं तथा बुद्धिपथं परैति ॥ २३ ॥

जैसे शीघ्रगामी नौकापर बैठे हुए पुरुषकी दृष्टिमें पार्श्ववर्ती वृक्ष पीछेकी ओर वेगसे भागते हुए दिखायी देते हैं, उसी प्रकार कूटस्थ निर्विकारी आत्मा बुद्धिके विकारसे विकारवान्-सा प्रतीत होता है एवं जैसे चश्मे या दूरबीनसे महीन अक्षर मोटा दीखता है और छोटी आकृति बहुत बड़ी दिखायी देती है, उसी प्रकार सूक्ष्म आत्मतत्त्व भी बुद्धि, विवेक-समूह शरीरसे संयुक्त होनेके कारण शरीरके रूपमें प्रतीत होने लगता है । [illegible] जैसे स्वच्छ दर्पण अपने मुखका प्रतिबिम्ब दिखा देता है, उसी प्रकार [illegible] बुद्धिमें आत्माके स्वरूपकी झाँकी उपलब्ध हो जाती है ॥ २३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मनुबृहस्पतिसंवादे द्व्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मनु-बृहस्पति-संवादविषयक दो सौ दोवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २०२ ॥

त्र्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

शरीर, इन्द्रिय और मन-बुद्धिसे अतिरिक्त आत्माकी नित्य सत्ताका प्रतिपादन

मनुरुवाच

यदिन्द्रियैस्तूपहितं पुरस्तात्
प्राप्तान् गुणान् संस्मरते चिराय ।
तेष्विन्द्रियेषूपहतेषु पश्चात्
स बुद्धिरूपः परमः स्वभावः ॥ १ ॥

मनुजी कहते हैं—बृहस्पते ! बुद्धिके साथ तद्रूप हुआ जो जीव नामक चेतनतत्त्व है, वह इन्द्रियोंद्वारा दीर्घकालतक पहलेके भोगे हुए विषयोंका कालान्तरमें स्मरण करता है। यद्यपि उस [illegible] उन विषयोंका इन्द्रियोंसे सम्बन्ध नहीं है, उनका सम्बन्ध-विच्छेद हो गया है तो भी वे बुद्धिमें संस्काररूपसे अङ्कित हैं; इसलिये उनका स्मरण होता है । (इससे बुद्धिके अतिरिक्त उसके [illegible] चेतनकी सत्ता स्वतः सिद्ध हो जाती है) ॥ १ ॥

यथेन्द्रियार्थान् युगपत् समस्ता-
न्नोपेक्षते कृत्स्नमतुल्यकालम् ।
तथाचलं संचरते स विद्वां-
स्तस्मात् स एकः परमः शरीरी ॥ २ ॥

वह एक समय अथवा अनेक समयोंमें भूत और भविष्यके सम्पूर्ण पदार्थोंकी, जो इस जन्ममें या दूसरे जन्मोंमें देखे गये हैं, सामान्य रूपसे उपेक्षा नहीं करता अर्थात् उन्हें प्रकाशित ही करता है तथा परस्पर विलग न होनेवाली तीनों [illegible] ओंमें विचरता रहता है; अतः वह सबको जाननेवाला साक्षी सर्वोत्कृष्ट देहका स्वामी आत्मा एक है ॥ २ ॥

रजस्तमः सत्त्वमथो तृतीयं
गच्छत्यसौ स्थानगुणान् विरूपान् ।
तथेन्द्रियाण्याविशते शरीरी
हुताशनं वायुरिवेन्धनस्थम् ॥ ३ ॥

बुद्धिके जो स्थान—जाग्रत आदि अवस्थाएँ हैं, वे सभी सत्त्व, रज और तम—इन तीन गुणोंसे विभक्त हैं । इन अवस्थाओंसे सम्बन्धित जो सुख-दुःख आदि गुण हैं, वे परस्पर विलक्षण हैं । उन सबको वह आत्मा बुद्धिके सम्बन्धसे अनुभव करता है । इन्द्रियोंमें भी उस जीवात्माका आवेश उसी प्रकार होता है जैसे काठमें लगी हुई आगमें वायुका अर्थात् वायु जैसे अग्निमें प्रविष्ट होकर अग्निको उद्दीप्त कर देती है, इसी प्रकार आत्मा इन्द्रियोंको चेतना प्रदान [illegible] है ॥ ३ ॥

न चक्षुषा पश्यति रूपमात्मनो
न पश्यति स्पर्शनमिन्द्रियेन्द्रियम् ।
न श्रोत्रलिङ्गं श्रवणेन दर्शनं
[illegible] कृतं पश्यति तद् विनश्यति ॥ ४ ॥

मनुष्य नेत्रोंद्वारा आत्माके रूपका दर्शन नहीं कर सकता। त्वचा [illegible] इन्द्रिय उसका स्पर्श नहीं कर सकती; क्योंकि वह इन्द्रियोंकी भी इन्द्रिय अर्थात् उनका प्रकाशक है । उस आत्माके स्वरूपका श्रवणेन्द्रियके द्वारा श्रवण नहीं हो सकता; क्योंकि [illegible] शब्दरहित है । ज्ञानविषयक विचारसे जब आत्माका साक्षात्कार किया जाता है, तब उसके साधनोंका बाध हो जाता है ॥ ४ ॥

श्रोत्रादीनि न पश्यन्ति स्वं स्वमात्मानमात्मना ।
सर्वज्ञः सर्वदर्शी च सर्वज्ञस्तानि पश्यति ॥ ५ ॥

श्रोत्र आदि इन्द्रियाँ स्वयं अपनेद्वारा आपको नहीं जान सकतीं । आत्मा सर्वज्ञ और सबका साक्षी है । सर्वज्ञ होनेके [illegible] ही वह उन सबको जानता है ॥ ५ ॥

यथा हिमवतः पार्श्वं पृष्ठं चन्द्रमसो यथा ।
न दृष्टपूर्वं मनुजैर्न च तन्नास्ति तावता ॥ ६ ॥
तद्वद् भूतेषु भूतात्मा सूक्ष्मो ज्ञानात्मवानसौ ।
अदृष्टपूर्वश्चक्षुर्भ्यां न चासौ नास्ति तावता ॥ ७ ॥

जैसे मनुष्योंद्वारा हिमालय पर्वतका दूसरा पार्श्व [illegible] चन्द्रमाका पृष्ठ भाग देखा हुआ नहीं है तो भी इसके आधारपर यह नहीं कहा जा सकता कि उनके पार्श्व और पृष्ठ भागका अस्तित्व ही नहीं है । उसी प्रकार सम्पूर्ण भूतोंके भीतर रहनेवाला उनका अन्तर्यामी ज्ञानस्वरूप आत्मा अत्यन्त सूक्ष्म होनेके कारण कभी नेत्रोंद्वारा नहीं देखा गया है; अतः उतनेहीसे यह नहीं कहा जा [illegible] कि आत्मा है ही नहीं ॥ ६-७ ॥

पश्यन्नपि यथा लक्ष्म जगत् सोमे न विन्दति ।
एवमस्ति न चोत्पन्नं न च [illegible] परायणम् ॥ ८ ॥

जैसे चन्द्रमामें जो कलङ्क है, वह जगत्का अर्थात् तद्गत पृथ्वीका ही चिह्न है; परंतु उसको देखकर भी मनुष्य ऐसा नहीं समझता कि यह जगत्का अर्थात् पृथ्वीका चिह्न है। इसी प्रकार सबको 'मैं हूँ' इस रूपमें आत्माका ज्ञान है; परंतु यथार्थ ज्ञान नहीं है; इस कारण मनुष्य उसके परायण—आश्रित नहीं है ॥ ८ ॥

रूपवन्तमरूपत्वादुदयास्तमने बुधाः ।
धिया समनुपश्यन्ति तद्गताः सवितुर्गतिम् ॥ ९ ॥
तथा बुद्धिप्रदीपेन दूरस्थं सुविपश्चितः ।
प्रत्यासन्नं निनीषन्ति ज्ञेयं ज्ञानाभिसंहितम् ॥ १० ॥

रूपवान् पदार्थ अपनी उत्पत्तिसे पूर्व और नष्ट हो जानेके बाद रूपहीन ही रहते हैं, इस नियमसे जैसे बुद्धिमान् लोग उनकी अरूपताका निश्चय करते हैं तथा सूर्यके उदय और अस्तके द्वारा विद्वान् पुरुष बुद्धिसे जिस प्रकार न दिखायी देनेवाली सूर्यकी गतिका अनुमान कर लेते हैं, उसी प्रकार विवेकी मनुष्य बुद्धिरूप दीपकके द्वारा इन्द्रियातीत ब्रह्मका साक्षात्कार [illegible] लेते हैं और इस निकटवर्ती दृश्य-प्रपञ्चको उस ज्ञानस्वरूप परमात्मामें विलीन कर देना चाहते हैं ॥ ९-१० ॥

[illegible] हि खल्वनुपायेन कश्चिदर्थोऽभिसिद्ध्यति।
सूत्रजालैर्यथा मत्स्यान् बध्नन्ति जलजीविनः ॥ ११ ॥
मृगैर्मृगाणां ग्रहणं पक्षिणां पक्षिभिर्यथा ।
गजानां च गजैरेव ज्ञेयं ज्ञानेन गृह्यते ॥ १२ ॥

उचित उपाय किये बिना कोई भी प्रयोजन सिद्ध नहीं होता है, जैसे जलमें रहनेवाले प्राणियोंसे जीविका चलानेवाले सूतके जाल बनाकर उनके द्वारा मछलियोंको बाँध लेते हैं, जैसे मृगोंके द्वारा मृगोंको, पक्षियोंद्वारा पक्षियोंको और हाथियोंद्वारा हाथियोंको पकड़ा जाता है, उसी प्रकार ज्ञेय वस्तुका ज्ञानके द्वारा ग्रहण होता है ॥ ११-१२ ॥

अहिरेव ह्यहेः पादान् पश्यतीति हि नः श्रुतम् ।
तद्वन्मूर्तिषु मूर्तिस्थं ज्ञेयं ज्ञानेन पश्यति ॥ १३ ॥

हमने सुना है कि सर्पके पैरोंको सर्प [illegible] पहचानता है, उसी प्रकार मनुष्य समस्त शरीरोंमें शरीरस्थ ज्ञेयस्वरूप आत्माको ज्ञानके द्वारा ही जान [illegible] है ॥ १३ ॥

नोत्सहन्ते [illegible] वेत्तुमिन्द्रियैरिन्द्रियाण्यपि ।
तथैवेह परा बुद्धिः परं बोध्यं न पश्यति ॥ १४ ॥

जैसे इन्द्रियाँ भी इन्द्रियोंद्वारा किसी ज्ञेयको नहीं जान सकतीं, उसी [illegible] यहाँ परा बुद्धि भी उस परम बोध्य तत्त्वको स्वयं नहीं देख पाती है; किंतु ज्ञाता पुरुष ही बुद्धिके द्वारा उसका साक्षात् करता है ॥ १४ ॥

यथा चन्द्रो ह्यमावास्यामलिङ्गत्वान्न दृश्यते ।
न च नाशोऽस्य भवति [illegible] विद्धि शरीरिणम् ॥ १५ ॥

जैसे चन्द्रमा अमावास्याको प्रकाशहीन हो जानेके [illegible] दिखायी नहीं देता है; किंतु उस समय [illegible] नाश नहीं होता। उसी प्रकार शरीरधारी आत्माके विषयमें भी समझना चाहिये अर्थात् आत्मा अदृश्य होनेपर भी उसका अभाव नहीं है, ऐसा समझना चाहिये ॥ १५ ॥

क्षीणकोशो ह्यमावास्यां चन्द्रमा न प्रकाशते ।
तद्वन्मूर्तिविमुक्तोऽसौ शरीरी नोपलभ्यते ॥ १६ ॥

जैसे चन्द्रमा अमावास्याको अपने प्रकाश्य स्थानसे वियुक्त हो जानेके कारण दिखायी नहीं देता है, उसी प्रकार देहधारी आत्मा शरीरसे वियुक्त होनेपर दृष्टिगोचर नहीं होता है ॥ १६ ॥

यथाऽऽकाशान्तरं [illegible] चन्द्रमा भ्राजते पुनः ।
तद्वल्लिङ्गान्तरं [illegible] शरीरी भ्राजते पुनः ॥ १७ ॥

फिर वही चन्द्रमा जैसे अन्यत्र आकाशमें स्थान पाकर पुनः प्रकाशित होने लगता है, उसी प्रकार जीवात्मा दूसरा शरीर धारण करके पुनः प्रकट हो जाता है ॥ १७ ॥

[illegible] वृद्धिः क्षयश्चास्य प्रत्यक्षेणोपलभ्यते ।
सा तु चान्द्रमसी वृत्तिर्न [illegible] शरीरिणः ॥ १८ ॥

जन्म, वृद्धि और क्षयका जो प्रत्यक्ष दर्शन होता है, वह चन्द्रमण्डलमें प्रतीत होनेवाली वृत्ति चन्द्रमाकी नहीं है । उसी प्रकार शरीरका ही जन्म आदि होता है, [illegible] शरीरधारी आत्माका नहीं ॥ १८ ॥

उत्पत्तिवृद्धिव्ययसा यथा स इति गृह्यते ।
चन्द्र एव त्वमावास्यां तथा भवति मूर्तिमान् ॥ १९ ॥

जैसे किसी व्यक्तिका जन्म होता है, वह बढ़ता है और किशोर, यौवन आदि भिन्न-भिन्न अवस्थाओंमें पहुँच जाता है तो भी यही समझा जाता है कि यह वही व्यक्ति है तथा अमावास्याके बाद जब चन्द्रमा पुनः मूर्तिमान् होकर प्रकट होता है तो यही माना जाता है कि यह वही चन्द्रमा है (उसी प्रकार दूसरे शरीरमें प्रवेश करनेपर भी वह देहधारी आत्मा वही है—ऐसा समझना चाहिये) ॥ १९ ॥

नोपसर्पद् विमुञ्चद् वा शशिनं दृश्यते तमः ।
विसृजंश्चोपसर्पंश्च तद्वत् पश्य शरीरिणम् ॥ २० ॥

जैसे अन्धकाररूप राहु चन्द्रमाकी ओर आता और

उसे छोड़कर जाता हुआ नहीं दिखायी देता है, उसी प्रकार जीवात्मा भी शरीरमें आता और उसे छोड़कर जाता हुआ नहीं दीख पड़ता है। ऐसा समझो ॥ २० ॥

यथा चन्द्रार्कसंयुक्तं तमस्तदुपलभ्यते ।
तद्वच्छरीरसंयुक्तः शरीरीत्युपलभ्यते ॥ २१ ॥

जैसे सूर्यग्रहणकालमें चन्द्रमा सूर्यसे संयुक्त होनेपर सूर्यमें छायारूपी राहुका दर्शन होता है, उसी प्रकार शरीरसे संयुक्त होनेपर शरीरधारी आत्माकी उपलब्धि होती है ॥ २१ ॥

यथा चन्द्रार्कनिर्मुक्तः स राहुर्नोपलभ्यते ।
तद्वच्छरीरनिर्मुक्तः शरीरी नोपलभ्यते ॥ २२ ॥

जैसे चन्द्रमा-सूर्यसे अलग होनेपर सूर्यमें राहुकी उपलब्धि नहीं होती, उसी प्रकार शरीरसे विलग होनेपर शरीरधारी आत्माका दर्शन नहीं होता ॥ २२ ॥

यथा चन्द्रो ह्यमावास्यां नक्षत्रैर्युज्यते गतः ।
तद्वच्छरीरनिर्मुक्तः फलैर्युज्यति कर्मणः ॥ २३ ॥

जैसे अमावास्याका अतिक्रमण करनेपर चन्द्रमा नक्षत्रोंसे संयुक्त होता है, उसी प्रकार जीवात्मा एक शरीरका त्याग करनेपर कर्मोंके फलस्वरूप दूसरे शरीरसे युक्त होता है ॥ २३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मनुबृहस्पतिसंवादे त्र्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मनु और बृहस्पतिका संवादरूप दो सौ तीनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २०३ ॥

चतुरधिकद्विशततमोऽध्यायः

आत्मा एवं परमात्माके साक्षात्कारका उपाय तथा महत्त्व

मनुरुवाच

यथा व्यक्तमिदं शेते स्वप्ने चरति चेतनम् ।
ज्ञानमिन्द्रियसंयुक्तं तद्वत् प्रेत्य भवाभवौ ॥ १ ॥

मनु कहते हैं—बृहस्पते! जैसे स्वप्नावस्थामें यह स्थूल शरीर तो सोया रहता है और सूक्ष्म शरीर विचरण करता रहता है, उसी प्रकार इस शरीरको छोड़नेपर यह ज्ञानस्वरूप जीवात्मा या तो इन्द्रियोंके सहित पुनः शरीर ग्रहण कर लेता है या सुषुप्तिकी भाँति मुक्त हो जाता है ॥ १ ॥

यथाम्भसि प्रसन्ने तु रूपं पश्यति चक्षुषा ।
तद्वत्प्रसन्नेन्द्रियत्वाज्ज्ञेयं ज्ञानेन पश्यति ॥ २ ॥

जिस प्रकार मनुष्य स्वच्छ और स्थिर जलमें नेत्रोंद्वारा अपना प्रतिबिम्ब देखता है, वैसे ही मनसहित इन्द्रियोंके शुद्ध एवं स्थिर हो जानेपर वह ज्ञानदृष्टिसे ज्ञेयस्वरूप आत्माका साक्षात्कार कर सकता है ॥ २ ॥

स एव लुलिते तस्मिन् यथा रूपं न पश्यति ।
तथेन्द्रियाकुलीभावे ज्ञेयं ज्ञाने न पश्यति ॥ ३ ॥

वही मनुष्य हिलते हुए जलमें जैसे अपना रूप नहीं देख पाता, उसी प्रकार मनसहित इन्द्रियोंके चञ्चल होनेपर वह बुद्धिमें ज्ञेयस्वरूप आत्माका दर्शन नहीं कर सकता ॥ ३ ॥

अबुद्धिरज्ञानकृता अबुद्ध्या कृष्यते मनः ।
दुष्टस्य मनसः पञ्च सम्प्रदुष्यन्ति मानसाः ॥ ४ ॥

अविवेकसे बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है और उस भ्रष्ट बुद्धिसे मन राग आदि दोषोंमें फँस जाता है। इस प्रकार मनके दूषित होनेसे उसके अधीन रहनेवाली पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ भी दूषित हो जाती हैं ॥ ४ ॥

अज्ञानतृप्तो विषयेष्ववगाढो न तृप्यते ।
अदृष्टवच्च भूतात्मा विषयेभ्यो निवर्तते ॥ ५ ॥

जिसको अज्ञानसे ही तृप्ति प्राप्त हो रही है, वह मनुष्य विषयोंके अगाध जलमें सदा डूबा रहकर भी कभी तृप्त नहीं होता। वह जीवात्मा प्रारब्धाधीन हुआ विषय-भोगोंकी इच्छाके कारण बारंबार इस संसारमें आता और जन्म ग्रहण करता है ॥ ५ ॥

तर्षच्छेदो न भवति पुरुषस्येह कल्मषात् ।
निवर्तते तदा तर्षः पापमन्तगतं यदा ॥ ६ ॥

पापके कारण ही संसारमें पुरुषकी तृष्णाका अन्त नहीं होता। जब पापोंकी समाप्ति हो जाती है, तभी उसकी तृष्णा निवृत्त हो जाती है ॥ ६ ॥

विषयेषु तु संसर्गाच्छाश्वतस्य तु संश्रयात् ।
मनसा चान्यथा काङ्क्षन् परं न प्रतिपद्यते ॥ ७ ॥

विषयोंके संसर्गसे, सदा उन्हींमें रचे-पचे रहनेसे तथा मनके द्वारा साधनके विपरीत भोगोंकी इच्छा रखनेसे पुरुषको परब्रह्म परमात्माकी प्राप्ति नहीं होती है ॥ ७ ॥

ज्ञानमुत्पद्यते पुंसां क्षयात् पापस्य कर्मणः ।
यथाऽऽदर्शतले प्रख्ये पश्यत्यात्मानमात्मनि ॥ ८ ॥

पाप-कर्मोंका क्षय होनेसे ही मनुष्योंके अन्तःकरणमें ज्ञानका उदय होता है। जैसे स्वच्छ दर्पणमें ही मानव अपने प्रतिबिम्बको अच्छी तरह देख पाता है ॥ ८ ॥

प्रसृतैरिन्द्रियैर्दुःखी तैरेव नियतैः सुखी ।
तस्मादिन्द्रियरूपेभ्यो यच्छेदात्मानमात्मना ॥ ९ ॥

विषयोंकी ओर इन्द्रियोंके फैले रहनेसे ही मनुष्य दुःखी होता है और उन्हींको संयममें रखनेसे सुखी हो जाता है; इसलिये इन्द्रियोंके विषयोंसे बुद्धिके द्वारा अपने मनको रोकना चाहिये ॥ ९ ॥

इन्द्रियेभ्यो मनः पूर्वं बुद्धिः परतरा ततः ।
बुद्धेः परतरं ज्ञानं ज्ञानात् परतरं महत् ॥ १० ॥

इन्द्रियोंसे मन श्रेष्ठ है, मनसे बुद्धि श्रेष्ठ है, बुद्धिसे ज्ञान श्रेष्ठतर है और ज्ञानसे परात्पर परमात्मा श्रेष्ठ है ॥ १० ॥

अव्यक्तात् प्रसृतं ज्ञानं ततो बुद्धिस्ततो मनः ।
मनः श्रोत्रादिभिर्युक्तं शब्दादीन् साधु पश्यति॥ ११ ॥

अव्यक्त परमात्मासे ज्ञान प्रसारित हुआ है । ज्ञानसे बुद्धि और बुद्धिसे मन प्रकट हुआ है । वह मन ही श्रोत्र आदि इन्द्रियोंसे युक्त होकर शब्द आदि विषयोंका भलीभाँति अनुभव करता है ॥ ११ ॥

यस्तांस्त्यजति शब्दादीन् सर्वांश्च व्यक्तयस्तथा ।
विमुञ्चेत् प्राकृतान्ग्रामांस्तान् मुक्त्वामृतमश्नुते॥१२॥

जो पुरुष शब्द आदि विषयोंको, उनके आश्रयभूत सम्पूर्ण व्यक्त तत्त्वोंको, स्थूलभूतों और प्राकृत गुण-समुदायोंको त्याग देता है अर्थात् उनसे सम्बन्धविच्छेद कर लेता है, वह उन्हें त्याग कर अमृतस्वरूप परमात्माको प्राप्त हो जाता है ॥ १२॥

उद्यन् हि सविता यद्वत् सृजते रश्मिमण्डलम् ।
स एवास्तमुपागच्छंस्तदेवात्मनि यच्छति ॥ १३ ॥
अन्तरात्मा तथा देहमाविश्येन्द्रियरश्मिभिः ।
प्राप्येन्द्रियगुणान् पञ्च सोऽस्तमावृत्य गच्छति॥ १४ ॥

जैसे सूर्य उदित होकर अपनी किरणोंको सब ओर फैला देता है और अस्त होते समय उन समस्त किरणोंको अपने भीतर ही समेट लेता है, उसी प्रकार जीवात्मा देहमें प्रविष्ट होकर फैली हुई इन्द्रियोंकी वृत्तिरूपी किरणोंद्वारा पाँचों विषयोंको ग्रहण करता है और शरीरको छोड़ते समय [illegible] सबको समेटकर अपने साथ लेकर चल देता है॥ १३-१४ ॥

प्रणीतं कर्मणा मार्गं नीयमानः पुनः पुनः ।
प्राप्नोत्ययं कर्मफलं प्रवृत्तं धर्ममात्मवान् ॥ १५ ॥

जिसने प्रवृत्तिप्रधान पुण्य-पापमय कर्मका आश्रय लिया है, वह जीवात्मा कर्मोंद्वारा कर्म-मार्गपर बारबार लाया जाकर अर्थात् संसार-चक्रमें भ्रमाया जाकर सुख-दुःखरूप कर्म-फलको [illegible] होता है ॥ १५ ॥

विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः ।
रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते ॥ १६ ॥

इन्द्रियद्वारा विषयोंको ग्रहण न करनेसे पुरुषके वे विषय तो निवृत्त हो जाते हैं; परंतु उनमें उनकी आसक्ति बनी रहती है । परमात्माका साक्षात्कार कर लेनेपर पुरुषकी वह आसक्ति भी दूर हो जाती है ॥ १६ ॥

बुद्धिः कर्मगुणैर्हीना यदा मनसि वर्तते ।
तदा सम्पद्यते ब्रह्म तत्रैव प्रलयं गतम् ॥ १७ ॥

जिस समय बुद्धि कर्मजनित गुणोंसे छूटकर हृदयमें स्थित हो जाती है, उस समय जीवात्मा ब्रह्ममें लीन होकर ब्रह्मको [illegible] हो जाता है ॥ १७ ॥

अस्पर्शनमशृण्वानमनास्वादमदर्शनम् ।
अघ्राणमवितर्कं च सत्त्वं प्रविशते परम् ॥ १८ ॥

परब्रह्म परमात्मा स्पर्श, श्रवण, रसन, दर्शन, घ्राण और संकल्प-विकल्पसे भी रहित है; इसलिये केवल विशुद्ध बुद्धि ही उसमें प्रवेश [illegible] पाती है ॥ १८ ॥

मनस्याकृतयो मग्ना मनस्त्वभिगतं मतिम् ।
मतिस्त्वभिगता ज्ञानं ज्ञानं चाभिगतं परम् ॥ १९ ॥

मनमें शब्दादि विषयरूप [illegible] आकृतियोंका [illegible] होता है । [illegible] बुद्धिमें, बुद्धिका ज्ञानमें और ज्ञानका परमात्मामें [illegible] होता है ॥ १९ ॥

नेन्द्रियैर्मनसः सिद्धिर्न बुद्धिं बुद्ध्यते मनः ।
न बुद्धिर्बुद्ध्यतेऽव्यक्तं सूक्ष्मं त्वेतानि पश्यति ॥ २० ॥

इन्द्रियोंद्वारा मनकी सिद्धि नहीं होती अर्थात् इन्द्रियाँ मनको नहीं जानती हैं । मन बुद्धिको नहीं जानता और बुद्धि सूक्ष्म एवं अव्यक्त आत्माको नहीं जानती है; किंतु अव्यक्त [illegible] इन सबको देखता और जानता है ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मनुबृहस्पतिसंवादे चतुरधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मनु और बृहस्पतिका संवादविषयक दो सौ चारवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २०४ ॥

पञ्चाधिकद्विशततमोऽध्यायः

परब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय

मनुरुवाच

दुःखोपघाते शारीरे मानसे चाप्युपस्थिते ।
यस्मिन् न शक्यते कर्तुं यत्नस्तं नानुचिन्तयेत्॥ १ ॥

मनुजी कहते हैं—बृहस्पते ! जब मनुष्यपर कोई ऐसा शारीरिक या मानसिक दुःख आ पड़े, जिसके रहते हुए साधन करना अशक्य हो जाय, तब उस दुःखका चिन्तन करना छोड़ दे ॥ १ ॥

भैषज्यमेतद् दुःखस्य यदेतन्नानुचिन्तयेत् ।
चिन्त्यमानं हि चाभ्येति भूयश्चापि प्रवर्तते ॥ २ ॥

दुःखको दूर करनेके लिये सबसे अच्छी दवा यही है कि उसका चिन्तन छोड़ दिया जाय; क्योंकि चिन्तन करनेसे वह सामने आता है और अधिकाधिक बढ़ता रहता है ॥ २॥

प्रज्ञया मानसं दुःखं हन्याच्छारीरमौषधैः ।
एतद् विज्ञानसामर्थ्यं न बालैः समतामियात् ॥ ३ ॥

अतः मानसिक दुःखको बुद्धि एवं विचारद्वारा तथा शारीरिक कष्टको ओषधियोंद्वारा दूर करे, यही विज्ञानकी

सामर्थ्य है, जिससे मनुष्य दुःखमें पड़नेपर बच्चोंके समान बैठकर रोये नहीं ॥ ३ ॥

अनित्यं यौवनं रूपं जीवितं द्रव्यसंचयः।
आरोग्यं प्रियसंवासो गृध्येत् तत्र न पण्डितः ॥ ४ ॥

यौवन, रूप, जीवन, धन-संग्रह, आरोग्य और प्रियजनोंका समागम—ये सब अनित्य हैं। विवेकशील पुरुषोंको इनमें आसक्त नहीं होना चाहिये ॥ ४ ॥

न जानपदिकं दुःखमेकः शोचितुमर्हति।
अशोचन् प्रतिकुर्वीत यदि पश्येदुपक्रमम् ॥ ५ ॥

जो दुःख सारे देशपर है, उसके लिये किसी एक व्यक्तिको शोक नहीं करना चाहिये। यदि उसे टालनेका कोई उपाय दिखायी दे तो शोक न करके उस दुःखके निवारणका प्रयत्न करना चाहिये ॥ ५ ॥

सुखाद् बहुतरं दुःखं जीविते नास्ति संशयः।
स्निग्धस्य चेन्द्रियार्थेषु मोहान्मरणमप्रियम् ॥ ६ ॥

इसमें संदेह नहीं कि जीवनमें सुखकी अपेक्षा दुःख ही अधिक है। जो पुरुष विषयोंमें अधिक आसक्त होता है, वह मोहवश मरणरूप अप्रिय कष्ट भोगता है ॥ ६ ॥

परित्यजति यो दुःखं सुखं वाप्युभयं नरः।
अभ्येति ब्रह्म सोऽत्यन्तं न ते शोचन्ति पण्डिताः ॥ ७ ॥

जो मनुष्य सुख और दुःख दोनोंको छोड़ देता है, वह अक्षय ब्रह्मको प्राप्त होता है, अतः वे ज्ञानी पुरुष कभी शोक नहीं करते हैं ॥ ७ ॥

दुःखमर्था हि युज्यन्ते पालनेन च ते सुखम्।
दुःखेन चाधिगम्यन्ते नाशमेषां न चिन्तयेत् ॥ ८ ॥

विषयोंके उपार्जनमें दुःख है। उनकी रक्षामें भी तुम्हें सुख नहीं मिल सकता। दुःखसे ही उनकी उपलब्धि होती है; अतः उनका नाश हो जाय तो चिन्ता नहीं करनी चाहिये ॥

ज्ञानं ज्ञेयाभिनिर्वृत्तं विद्धि ज्ञानगुणं मनः।
प्रज्ञाकरणसंयुक्तं ततो बुद्धिः प्रवर्तते ॥ ९ ॥

बृहस्पते! तुम्हें ज्ञात होना चाहिये कि ज्ञेयरूपमें परमात्मासे ज्ञान प्रकट होता है और मन ज्ञानका गुण (कार्य) है। जब वह ज्ञानेन्द्रियोंसे युक्त होता है, तब बुद्धि कर्मोंमें प्रवृत्त होती है ॥ ९ ॥

यदा कर्मगुणैर्हीना बुद्धिर्मनसि वर्तते।
तदा प्रज्ञायते ब्रह्म ध्यानयोगसमाधिना ॥ १० ॥

जिस समय बुद्धि कर्म-संस्कारोंसे रहित होकर हृदयमें स्थित हो जाती है, उसी समय ध्यानयोगजनित समाधिके द्वारा ब्रह्मका भलीभाँति ज्ञान हो जाता है ॥ १० ॥

सेयं गुणवती बुद्धिर्गुणेष्वेवाभिवर्तते।
अपरादभिनिःसृत्य गिरेः शृङ्गादिवोदकम् ॥ ११ ॥

अन्यथा जैसे जलकी धारा पर्वतके शिखरसे निकलकर ढालकी ओर बहती है, उसी प्रकार यह गुणवती बुद्धि अज्ञानके कारण परमात्मासे नियुक्त होकर रूप आदि गुणोंकी ओर बहने लग जाती है ॥ ११ ॥

यदा निर्गुणमाप्नोति ध्यानं मनसि पूर्वजम्।
तदा प्रज्ञायते ब्रह्म निकषं निकषे यथा ॥ १२ ॥

परतु जब साधक सबके आदिकारण निर्गुण ध्येयतत्त्वको ध्यानद्वारा अन्तःकरणमें प्राप्त कर लेता है, तब कसौटीपर कसे हुए सुवर्णके समान ब्रह्मके यथार्थ स्वरूपका ज्ञान होता है ॥

मनस्त्वपहृतं पूर्वमिन्द्रियार्थनिदर्शकम्।
न समक्षगुणापेक्षि निर्गुणस्य निदर्शकम् ॥ १३ ॥

परंतु इन्द्रियोंके विषयोंको दिखानेवाला मन जब पहले से ही विषयोंकी ओर अपहृत हो जाता है, तब वह विषयरूप गुणोंकी अपेक्षा रखनेवाला मन निर्गुण तत्त्वका दर्शन करानेमें समर्थ नहीं होता ॥ १३ ॥

सर्वाण्येतानि संवार्य द्वाराणि मनसि स्थितः।
मनस्येकाग्रतां कृत्वा तत्परं प्रतिपद्यते ॥ १४ ॥

समस्त इन्द्रियोंको रोककर संकल्पमात्रसे मनमें स्थित हो उन सबको हृदयमें एकत्र करके साधक उससे भी परे विद्यमान परमात्माको प्राप्त कर लेता है ॥ १४ ॥

यथा महान्ति भूतानि निवर्तन्ते गुणक्षये।
तथेन्द्रियाण्युपादाय बुद्धिर्मनसि वर्तते ॥ १५ ॥

जिस प्रकार गुणोंका क्षय होनेपर पञ्चमहाभूत निवृत्त हो जाते हैं, उसी प्रकार बुद्धि समस्त इन्द्रियोंको लेकर हृदयमें स्थित हो जाती है ॥ १५ ॥

यदा मनसि सा बुद्धिर्वर्ततेऽन्तरचारिणी।
व्यवसायगुणोपेता तदा सम्पद्यते मनः ॥ १६ ॥

जब निश्चयात्मिका बुद्धि अन्तर्मुखी होकर हृदयमें स्थित होती है, तब मन विशुद्ध हो जाता है ॥१६॥

गुणवद्भिर्गुणोपेतं यदा ध्यानगुणं मनः।
तदा सर्वान् गुणान् हित्वा निर्गुणं प्रतिपद्यते ॥ १७ ॥

शब्दादि गुणोंसे युक्त इन्द्रियोंके सम्बन्धसे उन गुणोंमें घिरा हुआ मन जब ध्यानजनित गुणोंसे सम्पन्न होता है, तब उन सब गुणोंको त्यागकर निर्गुण ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है ॥

अव्यक्तस्येह विज्ञाने नास्ति तुल्यं निदर्शनम्।
यत्र नास्ति पदन्यासः कस्तं विषयमाप्नुयात् ॥ १८ ॥

उस अव्यक्त ब्रह्मका बोध करानेके लिये इस संसारमें कोई योग्य दृष्टान्त नहीं है। जहाँ वाणीका व्यापार ही नहीं है, उस वस्तुको कौन वर्णनका विषय बना सकता है ॥

तपसा चानुमानेन गुणैर्जात्या श्रुतेन च।
निनीषेत् परमं ब्रह्म विशुद्धेनान्तरात्मना ॥ १९ ॥

इसलिये तपसे, अनुमानसे, शम आदि गुणोंसे, जातिगत धर्मोंके पालनसे तथा शास्त्रोंके स्वाध्यायसे अन्तःकरणको विशुद्ध करके उसके द्वारा परब्रह्मको प्राप्त करनेकी इच्छा करे ॥

गुणहीनो [illegible] मार्गं बहिः समनुवर्तते ।
गुणाभावात् प्रकृत्या वा निस्तर्क्यं ज्ञेयसम्मितम् ॥ २० ॥

उक्त तपस्या आदि गुणोंसे रहित मनुष्य बाहर रहकर बाह्य मार्गका ही अनुसरण करता है। वह श्रेयस्वरूप परमात्मा गुणोंसे अतीत होनेके कारण स्वभावसे ही तर्कका विषय नहीं है ॥ २० ॥

नैर्गुण्याद् ब्रह्म चाप्नोति सगुणत्वान्निवर्तते ।
गुणप्रचारिणी बुद्धिर्हुताशन इवेन्धने ॥ २१ ॥

जैसे अग्नि सूखे काठमें विचरण करती है, उसी प्रकार बुद्धि भी शब्द, स्पर्श आदि गुणोंमें विचरती रहती है। [illegible] वह उन गुणोंका सम्बन्ध छोड़ देती है, तब निर्गुण होनेके कारण ब्रह्मको प्राप्त होती है और जबतक गुणोंमें आसक्त रहती है, तबतक गुणोंसे सम्बन्धित होनेके कारण ब्रह्मको न पाकर लौट आती है ॥ २१ ॥

[illegible] [illegible] विमुक्तानि इन्द्रियाणि स्वकर्मभिः ।
तथा हि परमं ब्रह्म विमुक्तं प्रकृतेः परम् ॥ २२ ॥

जैसे पाँचों इन्द्रियाँ अपने कार्यरूप शब्द आदि गुणोंसे भिन्न हैं, उसी प्रकार परब्रह्म परमात्मा भी प्रकृतिसे सर्वथा परे है ॥ २२ ॥

एवं प्रकृतितः सर्वे प्रवर्तन्ते शरीरिणः ।
निवर्तन्ते निवृत्तौ च स्वर्गं चैवोपयान्ति च ॥ २३ ॥

इस प्रकार समस्त प्राणी प्रकृतिसे उत्पन्न होते और [illegible] उसीमें लयको [illegible] होते हैं। [illegible] लय अथवा मृत्युके पश्चात् वे पुण्य और पापके फलस्वरूप स्वर्ग और नरकमें जाते हैं ॥ २३ ॥

पुरुषः प्रकृतिर्बुद्धिर्विषयाश्चेन्द्रियाणि च ।
अहंकारोऽभिमानश्च समूहो भूतसंज्ञकः ॥ २४ ॥

पुरुष, प्रकृति, बुद्धि, पाँच विषय, दस इन्द्रियाँ, अहङ्कार, मन और पञ्च महाभूत—इन पचीस तत्त्वोंका समूह ही प्राणी नामसे कहा जाता है ॥ २४ ॥

एतस्याद्या प्रवृत्तिस्तु प्रधानात् सम्प्रवर्तते ।
द्वितीया मिथुनव्यक्तिमविशेषान्नियच्छति ॥ २५ ॥

बुद्धि आदि तत्त्वसमूहकी प्रथम सृष्टि प्रकृतिसे ही हुई है। तदनन्तर दूसरी बारसे उनकी सामान्यतः मैथुन-धर्मसे नियमपूर्वक अभिव्यक्ति होने लगी है ॥ २५ ॥

धर्मादुत्कृष्यते श्रेयस्तथाश्रेयोऽप्यधर्मतः ।
रागवान् प्रकृतिं ह्येति विरक्तो ज्ञानवान् भवेत् ॥ २६ ॥

धर्म करनेसे श्रेयकी वृद्धि होती है और अधर्म करनेसे मनुष्यका अकल्याण होता है। विषयासक्त पुरुष प्रकृतिको प्राप्त होता है और विरक्त आत्मज्ञान प्राप्त करके मुक्त हो जाता है ॥ २६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मनुबृहस्पतिसंवादे पञ्चाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मनु और बृहस्पतिका संवादविषयक दो सौ पाँचवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ २०५ ॥

षडधिकद्विशततमोऽध्यायः

परमात्मतत्त्वका निरूपण—मनु-बृहस्पति-संवादकी समाप्ति

मनुरुवाच

यदा [illegible] पञ्चभिः [illegible] युक्तानि मनसा सह ।
[illegible] तद् द्रक्ष्यते ब्रह्म मणौ सूत्रमिवार्पितम् ॥ १ ॥

मनुजी कहते हैं—बृहस्पते! जिस समय मनुष्य शब्द आदि पाँच विषयोंसहित पाँचों ज्ञानेन्द्रियों और मनको काबूमें कर लेता है, [illegible] समय वह मणियोंमें ओतप्रोत तागेके समान सर्वत्र व्याप्त परब्रह्मका साक्षात्कार [illegible] लेता है ॥ [illegible] ॥

तदेव च यथा सूत्रं सुवर्णे वर्तते पुनः ।
मुक्तास्वथ प्रवालेषु मृन्मये राजते तथा ॥ २ ॥
तद्वद् गोऽश्वमनुष्येषु तद्वद्धस्तिमृगादिषु ।
तद्वत् कीटपतङ्गेषु प्रसक्तात्मा स्वकर्मभिः ॥ ३ ॥

जैसे वही तागा सोनेकी लड़ियोंमें, मोतियोंमें, मूँगोंमें और मिट्टीकी मालाके दानोंमें ओतप्रोत होकर सुशोभित होता है, उसी प्रकार एक ही परमात्मा गौ, अश्व, मनुष्य, हाथी, मृग और कीट-पतङ्ग आदि समस्त शरीरोंमें व्याप्त है। विषयासक्त जीवात्मा अपने-अपने कर्मके अनुसार भिन्न-भिन्न शरीर धारण करता है ॥ २-३ ॥

येन येन शरीरेण यद्यत्कर्म करोत्ययम् ।
तेन तेन शरीरेण तत् तत् फलमुपाश्नुते ॥ ४ ॥

यह मनुष्य जिस-जिस शरीरसे जो-जो कर्म करता है, उस-उस शरीरसे उसी-उसी कर्मका [illegible] भोगता है ॥ ४ ॥

[illegible] ह्येकरसा भूमिरोषध्यर्थानुसारिणी ।
तथा कर्मानुगा बुद्धिरन्तरात्मानुदर्शिनी ॥ ५ ॥

जैसे भूमिमें एक [illegible] रस होता है तो भी उसमें जैसा बीज बोया जाता है, उसीके अनुसार वह उसमें रस उत्पन्न करती है, उसी तरह अन्तरात्मासे ही प्रकाशित बुद्धि पूर्वजन्मके कर्मोंके अनुसार ही एक शरीरसे दूसरे शरीरको प्राप्त होती है ॥

ज्ञानपूर्वा भवेल्लिप्सा लिप्सापूर्वाभिसंधिता ।
अभिसंधिपूर्वकं कर्म कर्ममूलं ततः फलम् ॥ ६ ॥

मनुष्यको पहले तो विषयका ज्ञान होता है; फिर उसके मनमें उसे पानेकी इच्छा उत्पन्न होती है। उसके बाद 'इस कार्यको सिद्ध करूँ' यह निश्चय और प्रयत्न आरम्भ होता है। फिर कर्म सम्पन्न होता और उसका फल मिलता है ॥ ६ ॥

[illegible] कर्मात्मकं विद्यात् कर्म ज्ञेयात्मकं तथा ।

ज्ञेयं ज्ञानात्मकं विद्याज्ज्ञानं सदसदात्मकम् ॥ ७ ॥

इस प्रकार फलको कर्मस्वरूप समझे । कर्मको जाननेमें आनेवाले पदार्थोंका रूप समझे और ज्ञेयको ज्ञानरूप समझे तथा ज्ञानका स्वरूप कार्य और कारण जाने ॥ ७ ॥

ज्ञानानां च फलानां च ज्ञेयानां कर्मणां क्षये ।
क्षयान्ते यत् फलं विद्याज्ज्ञानं ज्ञेयप्रतिष्ठितम् ॥ ८ ॥

ज्ञान, फल, ज्ञेय और कर्म—इन सबका अन्त होनेपर जो प्राप्तव्य फलरूपसे शेष रहता है, उसको ही तुम ज्ञेयमात्रमें व्याप्त होकर स्थित हुआ ज्ञानस्वरूप परमात्मा समझो ॥ ८ ॥

महद्धि परमं भूतं यत् प्रपश्यन्ति योगिनः ।
अबुधास्तं न पश्यन्ति ह्यात्मस्थं गुणबुद्धयः ॥ ९ ॥

उस परम महान् तत्त्वको योगिजन ही देख पाते हैं । विषयोंमें आसक्त अज्ञानी मनुष्य अपने भीतर ही विराजमान उस परब्रह्म परमात्माको नहीं देख सकते हैं ॥ ९ ॥

पृथिवीरूपतो रूपमपामिह महत्तरम् ।
अद्भ्यो महत्तरं तेजस्तेजसः पवनो महान् ॥ १० ॥
पवनाच्च महद् व्योम तस्मात् परतरं मनः ।
मनसो महती बुद्धिर्बुद्धेः कालो महान् स्मृतः ॥ ११ ॥
कालात् स भगवान् विष्णुर्यस्य सर्वमिदं जगत् ।
नादिर्न मध्यं नैवान्तस्तस्य देवस्य विद्यते ॥ १२ ॥

इस जगत्में पृथ्वीके रूपसे जलका ही रूप महान् है। जलसे तेज अतिमहान् है, तेजसे पवन महान् है, पवनसे आकाश महान् है, आकाशसे मन परतर है अर्थात् सूक्ष्म, श्रेष्ठ और महान् है । मनसे बुद्धि महान् है, बुद्धिसे काल अर्थात् प्रकृति महान् है और कालसे भगवान् विष्णु अनन्त, सूक्ष्म, श्रेष्ठ और महान हैं । यह सारा जगत् उन्हींकी सृष्टि है। उन भगवान् विष्णुका न कोई आदि है, न मध्य है और न अन्त ही है ॥ १०–१२ ॥

अनादित्वादमध्यत्वादनन्तत्वाच्च सोऽव्ययः ।
अत्येति सर्वदुःखानि दुःखं ह्यन्तवदुच्यते ॥ १३ ॥

वे आदि, मध्य और अन्तसे रहित होनेके कारण ही अविनाशी हैं;अतएव सम्पूर्ण दुःखोंसे परे हैं, क्योंकि विनाशशील वस्तु ही दुःखरूप हुआ करती है ॥ १३ ॥

तद् ब्रह्म परमं प्रोक्तं तद्धाम परमं पदम् ।
तद् गत्वा कालविषयाद् विमुक्ता मोक्षमाश्रिताः ॥ १४॥

अविनाशी विष्णु ही परब्रह्म कहे जाते हैं। वे ही परमधाम और परमपद हैं । उन्हें प्राप्त कर लेनेपर जीव कालके राज्यसे मुक्त हो मोक्षधाममें स्थित हो जाते हैं ॥ १४ ॥

गुणेष्वेते प्रकाशन्ते निर्गुणत्वात् ततः परम् ।
निवृत्तिलक्षणो धर्मस्तथाऽऽनन्त्याय कल्पते ॥ १५ ॥

ये बद्ध जीव गुणोंमें अर्थात् गुणोंके कार्यरूप शरीर आदिके सम्बन्धसे व्यक्त हो रहे हैं; परंतु परमात्मा निर्गुण होनेके कारण उनसे अत्यन्त परे हैं। जो निवृत्तिरूप धर्म (निष्काम कर्म) है, वह अक्षय पद (मोक्ष) की प्राप्ति करानेमें समर्थ है ॥ १५॥

ऋचो यजूंषि सामानि शरीराणि व्यपाश्रिताः ।
जिह्वाग्रेषु प्रवर्तन्ते यत्नसाध्या विनाशिनः ॥ १६॥

ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद—ये अध्ययनकालमें शरीरके आश्रित रहते हैं और जिह्वाके अग्रभागपर प्रकट होते हैं; इसीलिये वे यत्नसाध्य और विनाशशील हैं अर्थात् इनका लुप्त होना स्वाभाविक है ॥ १६ ॥

न चैवमिष्यते ब्रह्म शरीराश्रयसम्भवम् ।
न यत्नसाध्यं तद् ब्रह्म नादिमध्यं न चान्तवत् ॥ १७ ॥

किंतु परब्रह्म परमात्मा इस प्रकार शरीरका आश्रय लेकर प्रकट होनेपर भी वेदाध्ययनकी भाँति यत्नसाध्य नहीं है; क्योंकि उनका आदि, मध्य और अन्त नहीं है ॥ १७ ॥

ऋचामादिस्तथा साम्नां यजुषामादिरुच्यते ।
अन्तश्चादिमतां दृष्टो न त्वादिर्ब्रह्मणः स्मृतः ॥ १८ ॥

वही ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेदका आदि कहलाता है । जिनका कोई आदि होता है, उन पदार्थोंका अन्त होता देखा गया है । ब्रह्मका कोई भी आदि नहीं बताया गया है ॥

अनादित्वादनन्तत्वात्तदनन्तमथाव्ययम् ।
अव्ययत्वाच्च निर्द्वन्द्वं द्वन्द्वाभावस्ततः परम् ॥ १९ ॥

वह अनादि और अनन्त होनेके कारण अक्षय और अविनाशी है। अविनाशी होनेसे ही दुःखरहित है। उसमें हर्ष और शोक आदि द्वन्द्वोंका अभाव है; अतएव वह सबसे परे है ॥ १९ ॥

अदृष्टतोऽनुपायाच्च प्रतिसंधेश्च कर्मणः ।
न तेन मर्त्याः पश्यन्ति येन गच्छन्ति तत् पदम् ॥ २० ॥

परंतु दुर्भाग्य, साधनहीनता और कर्मफलविषयक आसक्तिके कारण जिससे परमात्माकी प्राप्ति होती है, मनुष्य उस मार्गका दर्शन नहीं कर पाते हैं ॥ २० ॥

विषयेषु च संसर्गाच्छाश्वतस्य च दर्शनात् ।
मनसा चान्यदाकाङ्क्षन् परं न प्रतिपद्यते ॥ २१ ॥

मनुष्योंकी विषयोंमें आसक्ति है; क्योंकि विषयसुख सदा रहनेवाले हैं; ऐसी उनकी भावना है तथा वे अपने मनसे सांसारिक पदार्थोंको पानेकी इच्छा रखते हैं; इसीलिये उन्हें परब्रह्म परमात्माकी प्राप्ति नहीं होती है ॥ २१ ॥

गुणान् यदिह पश्यन्ति तदिच्छन्त्यपरे जनाः ।
परं नैवाभिकाङ्क्षन्ति निर्गुणत्वाद् गुणार्थिनः ॥ २२ ॥

संसारी मनुष्य इस संसारमें जिन-जिन विषयोंको देखते हैं, उन्हींको पाना चाहते हैं । सर्वश्रेष्ठ परब्रह्म परमात्मा हैं, उन्हें पानेके लिये उनके मनमें इच्छा नहीं होती है; क्योंकि वे गुणार्थी (विषयाभिलाषी) होते हैं और परमात्मा निर्गुण (गुणातीत) हैं ॥ २२ ॥

गुणैर्यस्त्ववरैर्युक्तः कथं विद्यात् परान् गुणान् ।
अनुमानाद्धि गन्तव्यं गुणैरवयवैः परम् ॥ २३ ॥

[illegible] जो इन तुच्छ विषयोंमें फँसा हुआ है, वह परम-दिव्य गुणोंको कैसे जान सकता है ? जैसे धूमसे अग्निका अनुमान होता है, उसी प्रकार नित्यत्व आदि स्वरूपभूत दिव्य गुणोंद्वारा परब्रह्म परमात्माके स्वरूपका दिग्दर्शन हो सकता है ॥ २३ ॥

सूक्ष्मेण मनसा विद्मो वाचा वक्तुं न शक्नुमः ।
मनो हि मनसा ग्राह्यं दर्शनेन च दर्शनम् ॥ २४ ॥

हम ध्यानद्वारा शुद्ध और सूक्ष्म हुए मनसे परमात्माके स्वरूपका अनुभव तो कर सकते हैं, किंतु वाणीद्वारा उसका वर्णन नहीं [illegible] सकते; क्योंकि मनके द्वारा ही मानसिक विषयका ग्रहण हो सकता है और ज्ञानके द्वारा ही ज्ञेयको जाना [illegible] [illegible] है ॥ २४ ॥

ज्ञानेन निर्मलीकृत्य बुद्धिं बुद्ध्या मनस्तथा ।
मनसा चेन्द्रियग्राममक्षरं प्रतिपद्यते ॥ २५ ॥

इसलिये ज्ञानके द्वारा बुद्धिको, बुद्धिके द्वारा मनको तथा मनके द्वारा इन्द्रिय-समुदायको निर्मल एवं शुद्ध करके अविनाशी परमात्माको प्राप्त किया [illegible] सकता है ॥ २५ ॥

बुद्धिप्रवीणो मनसा समृद्धो
निराशिषं निर्गुणमभ्युपैति ।
परं त्यजन्तीह विलोड्यमाना
हुताशनं वायुरिवेन्धनस्थम् ॥ २६ ॥

बुद्धिमें प्रवीण अर्थात् विशुद्ध और सूक्ष्म बुद्धिसे सम्पन्न एवं मानसिक बलसे युक्त हुआ पुरुष, [illegible] इच्छासे अतीत निर्गुण ब्रह्मको प्राप्त होता है। जैसे वायु काठमें रहनेवाले अदृश्य अग्निको बिना प्रज्वलित किये ही छोड़ देता है, वैसे ही कामनाओंसे विकल हुए पुरुष भी अपने शरीरके भीतर स्थित परमात्माका त्याग कर देते हैं अर्थात् उसे जानने और पानेकी चेष्टा नहीं करते ॥ २६ ॥

गुणादाने विप्रयोगे च तेषां
मनः सदा बुद्धिपरावराभ्याम् ।
अनेनैव विधिना सम्प्रवृत्तो
गुणापाये [illegible] शरीर मेति ॥ २७ ॥

जब [illegible] साधनरूप गुणोंको धारण कर लेता है और उन सांसारिक पदार्थोंसे मनको हटा लेता है, तब उसका मन बुद्धिजन्य अच्छे-बुरे भावोंसे रहित होकर निरन्तर निर्मल रहता है। इस प्रकार साधनमें लगा हुआ साधक जब गुणोंसे अतीत हो जाता है, [illegible] ब्रह्मके स्वरूपका साक्षात् कर लेता है ॥

अव्यक्तात्मा पुरुषो व्यक्तकर्मा
सोऽव्यक्तत्वं गच्छति ह्यन्तकाले ।
तैरेवायं चेन्द्रियैर्वर्धमानै-
र्ग्लायद्भिर्वाऽऽवर्ततेऽकामरूपः ॥२८॥

पुरुषका आत्मा (वास्तविक स्वरूप) अव्यक्त है और उसके कर्म शरीररूपमें व्यक्त हैं। अतः [illegible] अन्तकालमें अव्यक्तभावको प्राप्त हो [illegible] है। परंतु कामनाओंसे तद्रूप हुआ वह जीव उन बढ़ी हुई विषयप्रबल इन्द्रियोंसे युक्त होकर पुनः संसारमें आ जाता है अर्थात् पुनः शरीरको [illegible] कर लेता है ॥ २८ ॥

सर्वैरयं चेन्द्रियैः सम्प्रयुक्तो
देहं प्राप्तः पञ्चभूताश्रयः स्यात् ।
नासामर्थ्याद् गच्छति कर्मणेह
हीनस्तेन परमेणाव्ययेन ॥ २९ ॥

सम्पूर्ण इन्द्रियोंसे संयुक्त होकर यह देहधारी जीव पञ्चभूतस्वरूप शरीरके आश्रित हो जाता है। ज्ञान और उपासना आदिकी शक्तिके बिना वह केवल कर्मोंद्वारा परमात्माको नहीं पाता। अतः वह उस अविनाशी परमेश्वरसे वञ्चित रह जाता है ॥ २९ ॥

पृथ्व्यां नरः पश्यति नान्तमस्या
ह्यन्तश्चास्या भविता चेति विद्धि ।
परं नयन्तीह विलोड्यमानं
यथा प्लवं वायुरिवार्णवस्थम् ॥ ३० ॥

इस भूतलपर रहनेवाला मनुष्य यद्यपि इस पृथ्वीका [illegible] नहीं देखता है तो भी कहीं-न-कहीं इसका अन्त अवश्य है, ऐसा समझो। जैसे समुद्रमें लहरोंद्वारा ऊपर-नीचे होते हुए जहाजको प्रवाहके अनुकूल बहती हुई [illegible] तटपर [illegible] देती है, उसी [illegible] संसारसमुद्रमें गोता लगाते [illegible] मनुष्यको अनुकूल वातावरण संसारसागरसे पार कर देता है ॥ ३० ॥

दिवाकरो गुणमुपलभ्य निर्गुणो
[illegible] भवेदपगतरश्मिमण्डलः ।
[illegible] ह्यसौ मुनिरिह निर्विशेषवान्
[illegible] निर्गुणं प्रविशति ब्रह्म चाव्ययम् ॥३१॥

सम्पूर्ण जगत्का प्रकाशक सूर्य प्रकाशरूपी गुणको पाकर भी अस्ताचलको जाते समय अपने किरणसमूहको समेटकर जैसे निर्गुण हो जाता है, उसी प्रकार भेदभावसे रहित हुआ मुनि यहाँ अविनाशी निर्गुण ब्रह्ममें प्रवेश कर जाता है ॥३१॥

अनागतं सुकृतवतां परां गतिं
स्वयम्भुवं प्रभवनिधानमव्ययम् ।
सनातनं यदमृतमव्ययं ध्रुवं
निचाय्य तत् परममृतत्वमश्नुते ॥ ३२ ॥

जो कहींसे [illegible] हुआ नहीं है, नित्य विद्यमान है, पुण्यवानोंकी परमगति है, स्वयम्भू (अजन्मा) है, सबकी उत्पत्ति और प्रलयका स्थान है, अविनाशी एवं सनातन है, अमृत, अविकारी एवं [illegible] है, उस परमात्माका ज्ञान प्राप्त करके मनुष्य परममोक्षको प्राप्त [illegible] लेता है ॥ ३२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मनुबृहस्पतिसंवादे षडधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मनु और बृहस्पतिका संवादरूप दो सौ [illegible] अध्याय पूरा हुआ ॥ २०६ ॥

सप्ताधिकद्विशततमोऽध्यायः

श्रीकृष्णसे सम्पूर्ण भूतोंकी उत्पत्तिका तथा उनकी महिमाका कथन

युधिष्ठिर उवाच

पितामह महाप्राज्ञ पुण्डरीकाक्षमच्युतम्।
कर्तारमकृतं विष्णुं भूतानां प्रभवाप्ययम्॥ १॥
नारायणं हृषीकेशं गोविन्दमपराजितम्।
तत्त्वेन भरतश्रेष्ठ श्रोतुमिच्छामि केशवम्॥ २॥

युधिष्ठिरने कहा—भरतश्रेष्ठ! महाप्राज्ञ पितामह! कमलनयन भगवान् श्रीकृष्ण अपनी महिमासे कभी च्युत न होनेवाले, सबके कर्ता, अकृत (नित्य सिद्ध), सर्वव्यापी तथा सम्पूर्ण भूतोंकी उत्पत्ति और प्रलयके स्थान हैं। ये कभी किसीसे पराजित नहीं होते। ये ही नारायण, हृषीकेश, गोविन्द और केशव—इन नामोंसे भी विख्यात हैं। मैं इनके स्वरूपका तात्त्विक विवेचन सुनना चाहता हूँ॥ १-२॥

भीष्म उवाच

श्रुतोऽयमर्थो रामस्य जामदग्न्यस्य जल्पतः।
नारदस्य च देवर्षेः कृष्णद्वैपायनस्य च॥ ३॥

भीष्मजी बोले—युधिष्ठिर! मैंने इस विषयका विवेचन जमदग्निनन्दन परशुराम, देवर्षि नारद तथा श्रीकृष्ण-द्वैपायन व्यासजीके मुँहसे सुना है॥ ३॥

असितो देवलस्तात वाल्मीकिश्च महातपाः।
मार्कण्डेयश्च गोविन्दे कथयन्त्यद्भुतं महत्॥ ४॥

तात! असित, देवल, महातपस्वी वाल्मीकि और महर्षि मार्कण्डेयजी भी इन भगवान् गोविन्दके विषयमें बड़ी अद्भुत बातें कहा करते हैं॥ ४॥

केशवो भरतश्रेष्ठ भगवानीश्वरः प्रभुः।
पुरुषः सर्वमित्येव श्रूयते बहुधा विभुः॥ ५॥

भरतश्रेष्ठ! भगवान् श्रीकृष्ण सबके ईश्वर और प्रभु हैं। श्रुतिमें 'पुरुष एवेदꣳ सर्वम्'* इत्यादि वचनोंद्वारा इन्हीं सर्वव्यापी श्रीकृष्णकी महिमाका नाना प्रकारसे निरूपण किया गया है।

किं तु यानि विदुर्लोके ब्राह्मणाः शार्ङ्गधन्वनि।
माहात्म्यानि महाबाहो शृणु तानि युधिष्ठिर॥ ६॥

महाबाहु युधिष्ठिर! जगत्‌में ब्राह्मणोंने शार्ङ्गधनुष [illegible] करनेवाले श्रीकृष्णके जिन माहात्म्योंको जानते हैं, उन्हें बताता हूँ, सुनो॥ ६॥

यानि चाहुर्मनुष्येन्द्र ये पुराणविदो जनाः।
कर्माणि त्विह गोविन्दे कीर्तयिष्यामि तान्यहम्॥ ७॥

नरेन्द्र! पुराणवेत्ता पुरुष गोविन्दकी जिन-जिन लीलाओं तथा चरित्रोंका वर्णन करते हैं, उनका मैं यहाँ वर्णन करूँगा॥ ७॥

महाभूतानि भूतात्मा महात्मा पुरुषोत्तमः।
वायुर्ज्योतिस्तथा चापः खं च गां चान्वकल्पयत्॥ ८॥

सम्पूर्ण भूतोंके आत्मा महात्मा पुरुषोत्तमने आकाश, वायु, अग्नि, [illegible] और पृथ्वी—इन पाँच महाभूतोंकी रचना की है॥ ८॥

[illegible] सृष्ट्वा पृथिवीं चैव सर्वभूतेश्वरः प्रभुः।
अप्स्वेव भवनं चक्रे महात्मा पुरुषोत्तमः॥ ९॥

सर्वभूतेश्वर, प्रभु, महात्मा पुरुषोत्तमने इस पृथ्वीकी सृष्टि करके जलमें ही अपना निवासस्थान बनाया॥ ९॥

सर्वतेजोमयस्तस्मिञ्शयानः पुरुषोत्तमः।
सोऽग्रजं सर्वभूतानां संकर्षणमकल्पयत्॥ १०॥
आश्रयं सर्वभूतानां मनसेतीह शुश्रुम।

उसमें शयन करते हुए सर्वतेजोमय पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण-ने मनसे ही सम्पूर्ण प्राणियोंके अग्रज तथा आश्रय संकर्षणको उत्पन्न किया, यह हमने सुना है॥ १०½॥

स धारयति भूतानि उभे भूतभविष्यती॥ ११॥
ततस्तस्मिन् महाबाहौ प्रादुर्भूते महात्मनि।
भास्करप्रतिमं दिव्यं नाभ्यां पद्ममजायत॥ १२॥

वे संकर्षण ही समस्त भूतोंको धारण करते [illegible] वे ही भूत और भविष्यके भी [illegible] हैं। उन महाबाहु महात्मा संकर्षणका प्रादुर्भाव होनेके पश्चात् श्रीहरिकी नाभिसे एक दिव्य कमल प्रकट हुआ, जो सूर्यके समान प्रकाश-[illegible] था॥ ११-१२॥

स तत्र भगवान् देवः पुष्करे भ्राजयन् दिशः।
[illegible] समभवत् [illegible] सर्वभूतपितामहः॥ १३॥

तात! उस कमलसे सम्पूर्ण दिशाओंको प्रकाशित करते हुए [illegible] प्राणियोंके पितामह देवस्वरूप भगवान् [illegible] उत्पन्न हुए॥ १३॥

तस्मिन्नपि महाबाहौ प्रादुर्भूते महात्मनि।
तमसा पूर्वजो [illegible] मधुर्नाम महासुरः॥ १४॥

उन महाबाहु महात्मा ब्रह्माजीकी भी उत्पत्ति हो जानेपर वहाँ तमोगुणसे मधुनामक महान् असुर प्रकट हुआ, जो असुरोंका पूर्वज था॥ १४॥

तमुग्रमुग्रकर्माणमुग्रं कर्म समास्थितम्।
ब्रह्मणोऽपचितिं कुर्वन् जघान पुरुषोत्तमः॥ १५॥

उसका स्वभाव बड़ा ही उग्र था। वह [illegible] ही भयानक कर्म करनेवाला था। भयंकर कर्म करनेका निश्चय लेकर आये हुए उस असुरको पुरुषोत्तम भगवान् विष्णुने ब्रह्माजीका हित करनेके लिये [illegible] डाला॥ १५॥

तस्य तात वधात् सर्वे देवदानवमानवाः।
मधुसूदनमित्याहुर्ऋषभं सर्वसात्वताम्॥ १६॥

[illegible]! [illegible] मधुका वध करनेके कारण ही सम्पूर्ण देवता, दानव और मानव—इन सर्वसात्वतशिरोमणि श्रीकृष्णको मधुसूदन कहते हैं॥ १६॥

* पुरुष (श्रीकृष्ण) ही यह सब कुछ है।

ब्रह्मानुससृजे पुत्रान् मानसान् दक्षसप्तमान्।
मरीचिमत्र्यङ्गिरसं पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् ॥ १७ ॥

ब्रह्माजीने सात मानस पुत्रोंको उत्पन्न किया, जिनमें दक्ष प्रजापति सातवें थे (ये ही सबसे प्रथम उत्पन्न हुए थे)। शेष छः पुत्रोंके नाम इस प्रकार हैं—मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह और क्रतु ॥ १७ ॥

मरीचिः कश्यपं तात पुत्रमग्रजमग्रजः।
मानसं जनयामास तैजसं ब्रह्मवित्तमम् ॥ १८ ॥

तात! इन सात पुत्रोंमें सबसे बड़े थे मरीचि। उन्होंने अपने मनसे ही ब्रह्मवेत्ताओंमें श्रेष्ठ कश्यप नामक श्रेष्ठ पुत्रको जन्म दिया, जो बड़े ही तेजस्वी हैं ॥ १८॥

अङ्गुष्ठात् ससृजे ब्रह्मा मरीचेरपि पूर्वजम्।
सोऽभवद् भरतश्रेष्ठ दक्षो नाम प्रजापतिः ॥ १९ ॥

भरतश्रेष्ठ! ब्रह्माजीने दक्षको अपने अँगूठेसे उत्पन्न किया था । वे मरीचिसे भी बड़े थे। इसीलिये प्रजापतिके पदपर दक्ष प्रतिष्ठित हुए ॥ १९ ॥

तस्य पूर्वमजायन्त दश तिस्रश्च भारत।
प्रजापतेर्दुहितरस्तासां ज्येष्ठाभवद् दितिः ॥ २० ॥

भरतनन्दन! प्रजापति दक्षके पहले तेरह कन्याएँ उत्पन्न हुईं, जिनमें दिति सबसे बड़ी थी ॥ २० ॥

सर्वधर्मविशेषज्ञः पुण्यकीर्तिर्महायशाः।
मारीचः कश्यपस्तात सर्वासामभवत् पतिः ॥ २१ ॥

तात! सम्पूर्ण धर्मोंके विशेषज्ञ, पुण्यकीर्ति, महायशस्वी मरीचिनन्दन कश्यप उन सब कन्याओंके पति हुए ॥ २१ ॥

उत्पाद्य तु महाभागस्तासामवरजा दश।
ददौ धर्माय धर्मज्ञो दक्ष एव प्रजापतिः ॥ २२ ॥

तदनन्तर धर्मके ज्ञाता महाभाग प्रजापति दक्षने दस कन्याएँ और उत्पन्न कीं, जो पूर्वोक्त तेरह कन्याओंसे छोटी थीं। उन सबका विवाह उन्होंने धर्मके साथ कर दिया ॥

धर्मस्य वसवः पुत्रा रुद्राश्चामिततेजसः।
विश्वेदेवाश्च साध्याश्च मरुत्वन्तश्च भारत ॥ २३ ॥

भरतनन्दन! धर्मके वसु, अमित तेजस्वी रुद्र, विश्वेदेव, साध्य तथा मरुद्गण—ये बहुत-से पुत्र हुए ॥ २३ ॥

अपराश्च यवीयस्यस्ताभ्योऽन्याः सप्तविंशतिः।
सोमस्तासां महाभागः सर्वासामभवत् पतिः ॥ २४ ॥
इतरास्तु व्यजायन्त गन्धर्वांस्तुरगान् द्विजान्।
गाश्च किंपुरुषान्मत्स्यानुद्भिज्जांश्च वनस्पतीन् ॥ २५ ॥

तत्पश्चात् दक्षके अन्य सत्ताईस कन्याएँ हुईं, जो पूर्वोक्त कन्याओंसे छोटी थीं। महाभाग सोम उन सबके पति हुए। इन सबके अतिरिक्त भी दक्षके बहुत-सी कन्याएँ हुईं, जिन्होंने गन्धर्वों, अश्वों, पक्षियों, गौओं, किम्पुरुषों, मत्स्यों, उद्भिज्जों और वनस्पतियोंको जन्म दिया ॥ २४-२५ ॥

आदित्यानदितिर्जज्ञे देवश्रेष्ठान् महाबलान्।
तेषां विष्णुर्वामनोऽभूद् गोविन्दश्चाभवत् प्रभुः ॥ २६ ॥

अदितिने देवताओंमें श्रेष्ठ महाबली आदित्योंको उत्पन्न किया। उन आदित्योंमें सर्वव्यापी भगवान् गोविन्द भी वामनरूपसे प्रकट हुए ॥ २६ ॥

तस्य विक्रमणाच्चापि देवानां श्रीर्व्यवर्धत।
दानवाश्च पराभूता दैतेयी चासुरी प्रजा ॥ २७ ॥

उनके विक्रमसे अर्थात् विराट्रूप धारणकर तीन पैडमें त्रिलोकीको नाप लेनेके कारण देवताओंकी श्रीवृद्धि हुई। दानव पराजित हुए तथा दैत्यों और असुरोंकी प्रजा भी पराभवको प्राप्त हुई ॥ २७ ॥

विप्रचित्तिप्रधानांश्च दानवानसृजद् दनुः।
दितिस्तु सर्वानसुरान् महासत्त्वानजीजनत् ॥ २८ ॥

दनुने दानवोंको जन्म दिया, जिनमें विप्रचित्ति आदि दानव प्रमुख थे। दिति सम्पूर्ण असुरों—महान् शक्तिशाली दैत्योंकी जननी हुई ॥ २८ ॥

अहोरात्रं च कालं च यथर्तु मधुसूदनः।
पूर्वाह्नं चापराह्नं च सर्वमेवान्वकल्पयत् ॥ २९ ॥

इन्हीं श्रीमधुसूदनने दिन-रात, ऋतुके अनुसार काल, पूर्वाह्न तथा अपराह्न आदि समस्त कालविभागकी कल्पना की ॥ २९ ॥

बुद्ध्वा सोऽसृजन्मेघांस्तथा स्थावरजङ्गमान्।
पृथिवीं सोऽसृजद् विश्वां सहितां भूरितेजसा ॥ ३० ॥

उन्होंने ही अपने मनके संकल्पसे मेघों, स्थावर-जङ्गम प्राणियों तथा समस्त पदार्थोंसहित महान् तेजसे संयुक्त समूची पृथ्वीकी सृष्टि की ॥ ३० ॥

ततः कृष्णो महाभागः पुनरेव युधिष्ठिर।
ब्राह्मणानां शतं श्रेष्ठं मुखादेवासृजत् प्रभुः ॥ ३१ ॥

युधिष्ठिर! तदनन्तर महाभाग श्रीकृष्णने पुनः सैकड़ों श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको मुखसे ही उत्पन्न किया ॥ ३१ ॥

बाहुभ्यां क्षत्रियशतं वैश्यानामूरुतः शतम्।
पद्भ्यां शूद्रशतं चैव केशवो भरतर्षभ ॥ ३२ ॥

भरतश्रेष्ठ! इन केशवने सैकड़ों क्षत्रियोंको अपनी दोनों भुजाओंसे, सैकड़ों वैश्योंको अपनी जाँघोंसे तथा सैकड़ों शूद्रोंको दोनों पैरोंसे उत्पन्न किया ॥ ३२ ॥

स एवं चतुरो वर्णान् समुत्पाद्य महातपाः।
अध्यक्षं सर्वभूतानां धातारमकरोत् स्वयम् ॥ ३३ ॥

इस प्रकार इन महातपस्वी श्रीहरिने चारों वर्णोंको उत्पन्न करके स्वयं ही धाताको सम्पूर्ण भूतोंका अध्यक्ष बनाया ॥ ३३॥

वेदविद्याविधातारं ब्रह्माणममितद्युतिम्।
भूतमातृगणाध्यक्षं विरूपाक्षं च सोऽसृजत् ॥ ३४ ॥

वे ही वेदविद्याको धारण करनेवाले अमित तेजस्वी ब्रह्मा हुए। फिर श्रीहरिने भूतों और मातृगणोंके अध्यक्ष विरूपाक्ष (रुद्र) की रचना की ॥ ३४ ॥

शासितारं च पापानां पितृणां समवर्तिनम्।
असृजत् सर्वभूतात्मा निधिपं च धनेश्वरम् ॥ ३५ ॥

सम्पूर्ण भूतोंके आत्मा श्रीहरिने पापियोंको दण्ड देनेवाले तथा पितरोंके समवर्ती यमराजको और सम्पूर्ण निधियोंके [illegible] धनाध्यक्ष कुबेरको उत्पन्न किया ॥ ३५ ॥

यादसामसृजन्नाथं वरुणं च जलेश्वरम् ।
वासवं सर्वदेवानामध्यक्षमकरोत् प्रभुः ॥ ३६ ॥

इसी प्रकार उन्होंने [illegible] जन्तुओंके स्वामी जलेश्वर वरुणकी सृष्टि की । उन्हीं भगवान्‌ने इन्द्रको सम्पूर्ण देवताओंका [illegible] बनाया ॥ ३६ ॥

यावद्यावदभूच्छ्रद्धा देहं धारयितुं नृणाम् ।
तावत् तावदजीवंस्ते नासीद् यमकृतं भयम् ॥ ३७ ॥

पहले मनुष्योंको जितने दिनोंतक शरीर धारण करनेकी इच्छा होती, उतने दिनोंतक वे जीवित रहते थे । उन्हें यमराजका कोई भय नहीं होता था ॥ ३७ ॥

न चैषां मैथुनो धर्मो बभूव भरतर्षभ ।
संकल्पादेव चैतेषामपत्यमुपपद्यते ॥ ३८ ॥

भरतश्रेष्ठ ! पहलेके लोगोंमें मैथुनधर्मकी प्रवृत्ति नहीं हुई थी । इन सबको संकल्पसे ही संतान पैदा होती थी ॥ ३८ ॥

ततस्त्रेतायुगे काले संस्पर्शाज्जायते प्रजा ।
न ह्यभून्मैथुनो धर्मस्तेषामपि जनाधिप ॥ ३९ ॥

तदनन्तर त्रेतायुगका समय आनेपर स्पर्श करनेमात्रसे संतानकी उत्पत्ति होने लगी । नरेश्वर! उस समयके लोगोंमें भी मैथुन-धर्मका प्रचार नहीं हुआ था ॥ ३९ ॥

द्वापरे मैथुनो धर्मः प्रजानामभवन्नृप ।
तथा कलियुगे राजन् द्वन्द्वमापेदिरे [illegible] ॥ ४० ॥

नरेश्वर ! द्वापरयुगमें प्रजाके मनमें मैथुनधर्मका सूत्रपात हुआ । राजन् ! उसी तरह कलियुगमें भी लोग मैथुनधर्मको [illegible] होने लगे ॥ ४० ॥

एष भूतपतिस्तात स्वध्यक्षश्च तथोच्यते ।
निरपेक्षांश्च कौन्तेय कीर्तयिष्यामि तच्छृणु ॥ ४१ ॥

तात कुन्तीनन्दन ! ये भगवान् श्रीकृष्ण ही भूतनाथ एवं सबके अध्यक्ष कहे जाते हैं । अब जो नरकका दर्शन करनेवाले हैं, उनका वर्णन [illegible] हूँ, सुनो ॥ ४१ ॥

दक्षिणापथजन्मानः सर्वे नरवरान्ध्रकाः ।
गुहाः पुलिन्दाः शबराश्चूचुका मद्रकैः सह ॥ ४२ ॥

नरेश्वर ! दक्षिण भारतमें जन्म लेनेवाले सभी आन्ध्र, गुह, पुलिन्द, शबर, चूचुक और मद्रक—ये सब-के-सब म्लेच्छ हैं ॥ ४२ ॥

उत्तरापथजन्मानः कीर्तयिष्यामि तानपि ।
यौनकाम्बोजगान्धाराः किराता बर्बरैः सह ॥ ४३ ॥
एते पापकृतस्तात चरन्ति पृथिवीमिमाम् ।

[illegible] ! अब उत्तर भारतमें जन्म लेनेवाले म्लेच्छोंका वर्णन करूँगा; यौन, काम्बोज, गान्धार, किरात और बर्बर—ये सब-के-सब पापाचारी होकर [illegible] सारी पृथ्वीपर विचरते रहते हैं ॥ ४३½ ॥

श्वपाकबलगृध्राणां सधर्माणो नराधिप ॥ ४४ ॥
नैते कृतयुगे [illegible] चरन्ति पृथिवीमिमाम् ।

नरेश्वर ! ये सब-के-सब चाण्डाल, कौए और गीधोंके समान आचार-विचारवाले हैं । ये सत्ययुगमें इस पृथ्वीपर नहीं विचरण करते हैं ॥ ४४½ ॥

त्रेताप्रभृति वर्धन्ते ते जना भरतर्षभ ॥ ४५ ॥
ततस्तस्मिन् महाघोरे संध्याकाल उपस्थिते ।
राजानः समसज्जन्त समासाद्येतरेतरम् ॥ ४६ ॥

भरतश्रेष्ठ ! त्रेतासे वे लोग बढने लगे थे । तदनन्तर त्रेता और द्वापरका महाघोर सन्ध्याकाल उपस्थित होनेपर राजा लोग एक दूसरेसे टक्कर लेकर युद्धमें आसक्त हुए ४५-४६

एवमेष कुरुश्रेष्ठ प्रादुर्भूतो महात्मना ।

कुरुश्रेष्ठ ! इस प्रकार महात्मा श्रीकृष्णने इस लोकको उत्पन्न किया है ॥ ४६½ ॥

(तपःस्वरूपो महादेवः कृष्णो देवकिनन्दनः ।
[illegible] प्रसादाद् दुःखस्य नाशं प्राप्स्यसि मानद ॥
एकः कर्ता स कृष्णश्च ज्ञानिनां परमा गतिः ।

सबको मान देनेवाले नरेश ! महान् देवता भगवान् देवकीनन्दन श्रीकृष्ण तपस्यारूप ही हैं । उन्हींकी कृपासे तुम्हारे सारे दुःखोंका नाश हो जायगा । एकमात्र जगत्स्रष्टा श्रीकृष्ण ज्ञानियोंकी परमगति हैं ॥

इदमाश्रित्य देवेन्द्रो देवा रुद्रास्तथाश्विनौ ॥
स्वे स्वे पदे विविधिरे भुक्तिमुक्तिविदो जनाः ॥

तपस्यारूप इन श्रीकृष्णका आश्रय लेकर देवराज इन्द्र अन्यान्य देवता, रुद्रगण, दोनों अश्विनीकुमार तथा भोग और मोक्षके तत्त्वको जाननेवाले महर्षि अपने-अपने पदपर प्रतिष्ठित रहते हैं ॥

श्रूयतामस्य सद्भावः सम्यग्ज्ञानं यथा [illegible] ।
भूतानामन्तरात्मासौ स नित्यपदसंवृतः ॥

वे सम्पूर्ण प्राणियोंके अन्तरात्मा हैं तथा नित्य वैकुण्ठधाममें अपनी योगमायासे आवृत होकर निवास करते हैं । उनकी सत्ता और महत्ताको तुम श्रवण करो, जिससे तुम्हें श्रीकृष्णतत्त्वका ज्ञान हो जाय ॥

पुरा देवऋषिः श्रीमान् नारदः परमार्थवान् ।
चचार पृथिवीं कृत्स्नां तीर्थान्यनुचरन् प्रभुः ॥

पहलेकी बात है परमार्थमें सम्पन्न देवर्षि श्रीनारदजी भूमण्डलके सम्पूर्ण तीर्थोंमें विचरण करते हुए घूम रहे थे ॥

हिमवत्पादमाश्रित्य विचार्य च पुनः पुनः ।
स ददर्श [illegible] तत्र पद्मोत्पलसमाकुलम् ॥

वे हिमालयके समीपवर्ती पर्वतपर बारंबार विचरण करके एक ऐसे स्थानपर गये, जहाँ उन्हें कमल और उत्पलसे भरा हुआ एक सरोवर दिखायी दिया ॥

ततः स्नात्वा महातेजा वाग्यतो नियतेन्द्रियः ।
तुष्टाव पुरुषव्याघ्रो जिज्ञासुश्च तदद्भुतम् ॥

तत्पश्चात् महातेजस्वी पुरुषप्रवर नारदने उस सरोवरमें मौनभावसे स्नान करके इन्द्रियोंको संयममें रखकर उस भगवान्‌-

के स्वरूपका अद्भुत रहस्य जाननेके लिये भगवान्‌की स्तुति की ॥

ततो वर्षशते पूर्णे भगवाँल्लोकभावनः ।
प्रादुश्चकार विश्वात्मा ऋषेः परमसौहृदात् ॥

तदनन्तर सौ वर्ष पूर्ण होनेपर लोकस्रष्टा विश्वात्मा भगवान् श्रीहरि ऋषिके प्रति परम सौहार्दवश उनके सामने [illegible] हुए ॥

तमागतं जगन्नाथं सर्वकारणकारणम् ।
अखिलामरमौल्यङ्करुक्मारुणपदद्वयम् ॥
वैनतेयपदस्पर्शाकिणशोभितजानुकम् ।
पीताम्बरलसत्काञ्चीदामबद्धकटीतटम् ॥
श्रीवत्सवक्षसं चारुमणिकौस्तुभकन्धरम् ।
मन्दस्मितमुखाम्भोजं चलदायतलोचनम् ॥
नम्रचापानुकरणलसद्भ्रूयुगशोभितम् ।
नानारत्नमणिवज्रस्फुरन्मकरकुण्डलम् ॥
इन्द्रनीलनिभाभं तं केयूरमुकुटोज्ज्वलम् ।
देवैरिन्द्रपुरोगैश्च ऋषिसङ्घैरभिष्टुतम् ॥
नारदो जयशब्देन ववन्दे शिरसा हरिम् ।

नारदजीने देखा, समस्त कारणोंके भी कारण भगवान् जगन्नाथ पधारे हैं । उनके युगल चरणारविन्द सम्पूर्ण देवताओंके सुवर्णमय मुकुटोंके कुङ्कुमसे रक्तवर्ण हो रहे हैं । गरुड़जीके ऊपर सवारी करनेसे उनके दोनो घुटनोंमें रगड़ पड़नेके कारण चिह्न बन गये हैं; जो उन घुटनोंकी शोभा बढ़ा रहे हैं । उनके श्यामसुन्दर अङ्गपर पीताम्बर शोभा पा रहा है और कटिप्रदेशमें किङ्किणीकी लड़ें बँधी हुई हैं । वक्षःस्थलमें श्रीवत्सकी सुनहरी रेखा शोभा पाती है । गलेमें मनोहर कौस्तुभमणि अपना प्रकाश बिखेर रही है । मुखारविन्दपर मन्द-मन्द मुसकानकी मनोहर छटा [illegible] रही है । विशाल नेत्र चञ्चल गतिसे इधर उधर देख रहे हैं । झुके हुए दो धनुषोंकी भाँति बाँकी भौंहें उनके मुखमण्डलकी शोभा बढ़ा रही हैं । नाना प्रकारके रत्न, मणि और हीरोंसे जटित मकराकार कुण्डल जगमगा रहे हैं । उनकी अङ्गकान्ति इन्द्रनीलमणिके समान श्याम है । बाँहोंमें केयूर तथा मस्तकपर मुकुटकी उज्ज्वल आभा छिटक रही है एवं इन्द्र आदि देवता और महर्षियोंके समुदाय उनकी स्तुति करते हैं । भगवान्‌की यह झाँकी देखकर जय-जयकार करते हुए नारदजीने मस्तक झुकाकर उन्हें प्रणाम किया ॥

ततः स भगवाञ्छ्रीमान् मेघगम्भीरया गिरा ।
प्राहेशः सर्वभूतानां नारदं पतितं क्षितौ ॥

तदनन्तर नारदजीको पृथ्वीपर पड़ा देख सम्पूर्ण भूतोंके स्वामी श्रीमान् भगवान् नारायणने मेघके समान गम्भीर वाणीमें [illegible] ॥

श्रीभगवानुवाच

भद्रमस्तु ऋषे तुभ्यं वरं वरय सुव्रत ।
यत्ते मनसि सुव्यक्तमस्ति च प्रददामि तत् ॥

श्रीभगवान् बोले—उत्तम व्रतका पालन करनेवाले देवर्षे ! तुम्हारा कल्याण हो । तुम कोई वर माँगो । तुम्हारे मनमें जो अभिलाषा हुई हो, उसे [illegible] बताओ । मैं उसे पूर्ण करूँगा ॥

भीष्म उवाच

[illegible] चेमं जयशब्देन प्रसीदेत्यातुरो मुनिः ।
प्रोवाच हृदि संरूढं शङ्खचक्रगदाधरम् ॥
विवक्षितं जगन्नाथ [illegible] ज्ञातं त्वयाच्युत ।
तत् प्रसीद हृषीकेश श्रोतुमिच्छामि तद्धरे ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! प्रेमसे आतुर हुए मुनिवर नारदने जय-जयकार करते हुए अपने हृदयमें नित्य विराज[illegible] रहनेवाले शङ्ख, चक्र और गदाधारी भगवान्‌से कहा—'प्रभो ! प्रसन्न होइये । जगन्नाथ ! अच्युत ! हृषीकेश ! हरे ! मैं जो कुछ कहना चाहता हूँ, वह आपको पहलेसे ही ज्ञात है । मैं उसीको सुनना चाहता हूँ । आप मुझपर कृपा करें' ॥

[illegible] स्मयन् महाविष्णुरभ्यभाषत नारदम् ।
निर्द्वन्द्वा निरहङ्काराः शुचयः शुद्धलोचनाः ॥
ते मां पश्यन्ति सततं तान् पृच्छ यदिहेच्छसि ।

[illegible] मुसकराते हुए भगवान् महाविष्णुने नारदजीसे कहा—'जो लोग शीत, उष्ण आदि द्वन्द्वोंसे रहित, अहंकारशून्य, पवित्र [illegible] निर्दोष दृष्टिवाले महात्मा हैं, वे निरन्तर मेरे उस स्वरूपका साक्षात्कार करते हैं; अतः तुम यहाँ जो कुछ चाहते हो, उसके विषयमें उन्हीं महात्माओंके पास जाकर प्रश्न करो ॥

ये योगिनो महाप्राज्ञा मदंशा ये व्यवस्थिताः ।
तेषां प्रसादं देवर्षे मत्प्रसादमवेहि तत् ॥

'देवर्षे ! जो लोग योगी और महाज्ञानी हैं तथा जो मेरे अंशरूपसे स्थित हैं, उनके प्रसादको तुम मेरा ही कृपाप्रसाद समझो' ॥

इत्युक्त्वा स जगामाथ भगवान् भूतभावनः ।
तस्माद् [illegible] हृषीकेशं कृष्णं देवकिनन्दनम् ॥

ऐसा कहकर भूतभावन भगवान् विष्णु वहाँसे चले गये; [illegible] युधिष्ठिर ! तुम भी सम्पूर्ण इन्द्रियोंके स्वामी भगवान् देवकीनन्दन श्रीकृष्णकी शरणमें जाओ ॥

एतमाराध्य गोविन्दं गता मुक्तिं महर्षयः ।
एष कर्ता विकर्ता च सर्वकारणकारणम् ॥

इन भगवान् गोविन्दकी आराधना करके कितने ही महर्षि मुक्तिको प्राप्त हो गये हैं । ये ही जगत्‌के सृष्टिकर्ता, संहारकर्ता और समस्त कारणोंके भी कारण हैं ॥

मयाप्येतच्छ्रुतं राजन् नारदात्तु निबोध तत् ।
स्वयमेव समाचष्ट नारदो भगवान् मुनिः ॥

राजन् ! मैंने भी यह बात नारदजीसे ही सुनी है । तुम भी उनके मुखसे सुन सकते हो । भगवान् नारदमुनिने स्वयं ही यह [illegible] मुझसे कही थी ॥

समस्तसंसारविघातकारणं
भजन्ति ये विष्णुमनन्यमानसाः ।
ते यान्ति सायुज्यमतीव दुर्लभं
इतीव नित्यं हृदि वर्णयन्ति ॥)

जो समस्त संसार-बन्धनकी निवृत्तिके कारणभूत भगवान् विष्णुकी अनन्य चित्तसे आराधना करते हैं, वे अत्यन्त दुर्लभ सायुज्य मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं । यह बात सदा मेरे हृदयमें बनी रहती है तथा ऋषिलोग भी इसका वर्णन करते हैं ॥

देवं देवर्षिराचष्ट नारदः सर्वलोकदृक् ॥ ४७ ॥

सम्पूर्ण जगत्को देखनेवाले देवर्षि नारदने भगवान् श्रीकृष्णकी महिमाका प्रतिपादन किया था ॥ ४७ ॥

नारदोऽप्यथ कृष्णस्य परं मेने नराधिप ।
शाश्वतत्वं महाबाहो यथावद् भरतर्षभ ॥ ४८ ॥

महाबाहु भरतश्रेष्ठ नरेश्वर ! नारदजीने श्रीकृष्णके [illegible] सनातन परमात्मभावको यथावत्‌रूपसे जाना और माना है ॥

एवमेष महाबाहुः केशवः सत्यविक्रमः ।
अचिन्त्यः पुण्डरीकाक्षो नैष केवलमानुषः ॥ ४९ ॥

युधिष्ठिर ! इस प्रकार ये सत्यपराक्रमी कमलनयन महाबाहु केशव अचिन्त्य परमेश्वर हैं । इन्हें केवल मनुष्य नहीं मानना चाहिये ॥ ४९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि सर्वभूतोत्पत्तिकथने सप्ताधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसे सम्पूर्ण भूतोंकी उत्पत्तिविषयक दो सौ सातवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २०७ ॥

अष्टाधिकद्विशततमोऽध्यायः

ब्रह्माके पुत्र मरीचि आदि प्रजापतियोंके वंशका [illegible] प्रत्येक दिशामें निवास करनेवाले महर्षियोंका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

[illegible] पूर्वमासन् पतयः प्रजानां भरतर्षभ ।
[illegible] ऋषयो महाभागा दिक्षु प्रत्येकशः स्मृताः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—भरतश्रेष्ठ ! पूर्वकालमें कौन-कौन-से लोग प्रजापति थे और प्रत्येक दिशामें किन-किन महाभाग महर्षियोंकी स्थिति मानी गयी है ॥ [illegible] ॥

भीष्म उवाच

श्रूयतां भरतश्रेष्ठ यन्मां त्वं परिपृच्छसि ।
प्रजानां पतयो येऽस्मिन् दिक्षु ये चर्षयः स्मृताः ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—भरतश्रेष्ठ ! इस जगत्में जो प्रजापति रहे हैं तथा सम्पूर्ण दिशाओंमें जिन-जिन ऋषियोंकी स्थिति मानी गयी है, उन सबको जिनके विषयमें तुम मुझसे पूछते हो; [illegible] बताता हूँ, सुनो ॥ २ ॥

एकः स्वयम्भूर्भगवानाद्यो ब्रह्मा सनातनः ।
ब्रह्मणः सप्त वै पुत्रा महात्मानः स्वयम्भुवः ॥ ३ ॥

एकमात्र सनातन भगवान् स्वयम्भू ब्रह्मा सबके आदि हैं। स्वयम्भू ब्रह्माके [illegible] महात्मा पुत्र बताये गये हैं ॥ ३ ॥

मरीचिरत्र्यङ्गिरसौ पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः ।
वसिष्ठश्च महाभागः सदृशो वै स्वयम्भुवा ॥ [illegible] ॥

उनके नाम इस प्रकार हैं—मरीचि, अत्रि, अङ्गिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु तथा महाभाग वसिष्ठ । ये सभी स्वयम्भू ब्रह्माके समान ही शक्तिशाली हैं ॥ ४ ॥

सप्तब्रह्माण इत्येते पुराणे निश्चयं गताः ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि सर्वानेव प्रजापतीन् ॥ ५ ॥

पुराणमें ये सात ब्रह्मा निश्चित किये गये [illegible] । [illegible] मैं [illegible] प्रजापतियोंका वर्णन आरम्भ करता हूँ ॥ ५ ॥

अत्रिवंशसमुत्पन्नो ब्रह्मयोनिः सनातनः ।
प्राचीनबर्हिर्भगवांस्तस्मात् प्राचेतसो दश ॥ ६ ॥

अत्रिकुलमें उत्पन्न जो [illegible] ब्रह्मयोनि भगवान् प्राचीनबर्हि हैं, उनसे प्राचेतस नामवाले दस प्रजापति [illegible] हुए ॥

दशानां तनयस्त्वेको दक्षो नाम प्रजापतिः ।
[illegible] नामनी लोके दक्षः क इति चोच्यते ॥ ७ ॥

उन दसोंके एकमात्र पुत्र दक्ष नामसे प्रसिद्ध प्रजापति हैं । उनके दो नाम बताये जाते हैं—'दक्ष' और 'क' ॥ ७ ॥

मरीचेः कश्यपः पुत्र[illegible] द्वे नामनी स्मृते ।
अरिष्टनेमिरित्येके कश्यपेत्यपरे विदुः ॥ ८ ॥

मरीचिके पुत्र जो कश्यप हैं, उनके भी दो नाम माने गये हैं । कुछ लोग उन्हें अरिष्टनेमि कहते हैं और दूसरे लोग उन्हें कश्यपके नामसे जानते हैं ॥ ८ ॥

अत्रेश्चैवौरसः श्रीमान् राजा सोमश्च वीर्यवान् ।
सहस्रं यश्च दिव्यानां युगानां पर्युपासिता ॥ ९ ॥

अत्रिके औरस पुत्र श्रीमान् और बलवान् राजा सोम हुए, जिन्होंने [illegible] दिव्य युगोंतक भगवान्‌की उपासना की थी ॥

अर्यमा चैव भगवान् ये चास्य तनया विभो ।
एते प्रदेशाः कथिता भुवनानां प्रभावनाः ॥ १० ॥

प्रभो ! भगवान् अर्यमा और उनके सभी पुत्र—ये प्रदेश (आदेश देनेवाले शासक) तथा प्रभावन (उत्तम स्रष्टा) कहे गये हैं ॥ १० ॥

शशबिन्दोश्च भार्याणां सहस्राणि दशाच्युत ।
एकैकस्यां सहस्रं तु तनयानामभूत् तदा ॥ ११ ॥

एवं शतसहस्राणां शतं तस्य महात्मनः।
पुत्राणां च न ते कंचिदिच्छन्त्यन्यं प्रजापतिम्॥ १२॥

धर्मसे विचलित न होनेवाले युधिष्ठिर! शशबिन्दुके दस हजार स्त्रियाँ थीं। उनमेंसे प्रत्येकके गर्भसे एक-एक हजार पुत्र उत्पन्न हुए। इस प्रकार उन महात्माके एक करोड़ पुत्र थे। वे उनके सिवा किसी दूसरे प्रजापतिकी इच्छा नहीं करते थे॥ ११-१२॥

प्रजामाचक्षते विप्राः पुराणाः शाशबिन्दवीम्।
स वृष्णिवंशप्रभवो महावंशः प्रजापतेः॥ १३॥

प्राचीनकालके ब्राह्मण अधिकांश प्रजाकी उत्पत्ति शशबिन्दुसे ही बताते हैं। प्रजापतिका वह महान् वंश ही वृष्णिवंशका उत्पादक हुआ॥ १३॥

एते प्रजानां पतयः समुद्दिष्टा यशस्विनः।
अतः परं प्रवक्ष्यामि देवांस्त्रिभुवनेश्वरान्॥ १४॥

युधिष्ठिर! ये सब यशस्वी प्रजापति बताये गये हैं। अब मैं तीनों लोकोंपर शासन करनेवाले देवताओंका परिचय दूँगा॥

भगोंऽशश्चार्यमा चैव मित्रोऽथ वरुणस्तथा।
सविता चैव धाता च विवस्वांश्च महाबलः॥ १५॥
त्वष्टा पूषा तथैवेन्द्रो द्वादशो विष्णुरुच्यते।
इत्येते द्वादशादित्याः कश्यपस्यात्मसम्भवाः॥ १६॥

भग, अंश, अर्यमा, मित्र, वरुण, सविता, धाता, महाबली विवस्वान्, त्वष्टा, पूषा, इन्द्र और बारहवें विष्णु कहे गये हैं। ये बारह आदित्य हैं, जो कश्यप और अदितिके पुत्र हैं॥ १५-१६॥

नासत्यश्चैव दस्रश्च स्मृतौ द्वावश्विनावपि।
मार्तण्डस्यात्मजावेतावष्टमस्य महात्मनः॥ १७॥

नासत्य और दस्र—ये दोनों अश्विनीकुमार बताये गये हैं। ये दोनों अष्टम आदित्य महात्मा सूर्यके पुत्र हैं॥ १७॥

ते च पूर्वं सुराश्चेति द्विविधाः पितरः स्मृताः।
त्वष्टुश्चैवात्मजः श्रीमान् विश्वरूपो महायशाः॥ १८॥

ये तथा पूर्वोक्त देवता—दो प्रकारके पितर माने गये हैं। त्वष्टाके पुत्र महायशस्वी श्रीमान् विश्वरूप हुए॥ १८॥

अजैकपादहिर्बुध्न्यो विरूपाक्षोऽथ रैवतः।
हरश्च बहुरूपश्च त्र्यम्बकश्च सुरेश्वरः॥ १९॥
सावित्रश्च जयन्तश्च पिनाकी चापराजितः।
पूर्वमेव महाभागा वसवोऽष्टौ प्रकीर्तिताः॥ २०॥

अजैकपाद्, अहिर्बुध्न्य, विरूपाक्ष, रैवत, हर, बहुरूप, त्र्यम्बक, सुरेश्वर, सावित्र, जयन्त, पिनाकी और अपराजित—ये ग्यारह रुद्र हैं। महाभाग आठ वसुओंके नाम पहले ही बताये गये हैं॥ १९-२०॥

एत एवंविधा देवा मनोरेव प्रजापतेः।
ते च पूर्वं सुराश्चेति द्विविधाः पितरः स्मृताः॥ २१॥

इस प्रकार ये देवता प्रजापति मनुकी ही संतान हैं। वे और पूर्वोक्त देवता—ये दो प्रकारके पितर माने गये हैं॥२१॥

शीलयौवनतस्त्वन्यस्तथान्यः सिद्धसाध्ययोः।
ऋभवो मरुतश्चैव देवानां चोदितो गणः॥ २२॥

देवताओंमें एक वर्ग ऐसा है, जो सुन्दर शील-स्वभाव और अक्षय यौवनसे सम्पन्न है। दूसरा वर्ग सिद्धों और साध्यों-का है। ऋभु और मरुत्—ये देवताओंके समुदायोंके नाम हैं॥

एवमेते समाम्नाता विश्वेदेवास्तथाश्विनौ।
आदित्याः क्षत्रियास्तेषां विशश्च मरुतस्तथा॥ २३॥

इसी प्रकार ये विश्वेदेव और अश्विनीकुमार भी देवताओं-के गण माने गये हैं। इन देवताओंमें आदित्यगण क्षत्रिय और मरुद्गण वैश्य माने जाते हैं॥ २३॥

अश्विनौ तु स्मृतौ शूद्रौ तपस्युग्रे समास्थितौ।
स्मृतास्त्वङ्गिरसो देवा ब्राह्मणा इति निश्चयः॥ २४॥

उग्र तपस्यामें लगे हुए दोनों अश्विनीकुमारोंको शूद्र माना जाता है। अङ्गिरा गोत्रवाले सम्पूर्ण देवता ब्राह्मण माने गये हैं। यही विद्वानोंका निश्चय है॥ २४॥

इत्येतत् सर्वदेवानां चातुर्वर्ण्यं प्रकीर्तितम्।
एतान् वै प्रातरुत्थाय देवान् यस्तु प्रकीर्तयेत्॥ २५॥
स्वजादन्यकृताच्चैव सर्वपापात् प्रमुच्यते।

इस प्रकार सम्पूर्ण देवताओंमें जो चार वर्ण हैं, उनका वर्णन किया गया। जो सबेरे उठकर इन देवताओंका कीर्तन करता है, वह स्वयं किये हुए तथा दूसरोंके संसर्गसे प्राप्त हुए सम्पूर्ण पापसमूहसे मुक्त हो जाता है॥ २५½॥

यवक्रीतोऽथ रैभ्यश्च अर्वावसुपरावसू॥ २६॥
औशिजश्चैव कक्षीवान् बलश्चाङ्गिरसः सुताः।

यवक्रीत, रैभ्य, अर्वावसु, परावसु, औशिज, कक्षीवान् और बल—ये अङ्गिराके पुत्र हैं॥ २६½॥

ऋषिर्मेधातिथेः पुत्रः कण्वो बर्हिषदस्तथा॥ २७॥
त्रैलोक्यभावनास्तात प्राच्यां सप्तर्षयस्तथा।

तात! मेधातिथिके पुत्र कण्वमुनि, बर्हिषद तथा त्रिलोकीको उत्पन्न करनेमें समर्थ सप्तर्षिगण है, जो पूर्व दिशामें स्थित होते हैं॥

उन्मुचो विमुचश्चैव स्वस्त्यात्रेयश्च वीर्यवान्॥ २८॥
प्रमुचश्चेध्मवाहश्च भगवांश्च दृढव्रतः।
मित्रावरुणयोः पुत्रस्तथागस्त्यः प्रतापवान्॥ २९॥
एते ब्रह्मर्षयो नित्यमाश्रिता दक्षिणां दिशम्।

उन्मुच, विमुच, बलवान् स्वस्त्यात्रेय, प्रमुच, इध्मवाह, दृढतापूर्वक उत्तम व्रतका पालन करनेवाले मित्रावरुणके प्रतापी पुत्र भगवान् अगस्त्य—ये ब्रह्मर्षि सदा दक्षिणदिशामें रहते हैं॥ २८-२९½॥

उषङ्गुः कवषो धौम्यः परिव्याधश्च वीर्यवान्॥ ३०॥
एकतश्च द्वितश्चैव त्रितश्चैव महर्षयः।
अत्रेः पुत्रश्च भगवांस्तथा सारस्वतः प्रभुः॥ ३१॥
एते चैव महात्मनः पश्चिमामाश्रिता दिशम्।

उषङ्गु, कवष, धौम्य, शक्तिशाली परिव्याध, एकत,

द्वित, त्रित तथा अत्रिके प्रभावशाली पुत्र भगवान् सारस्वत—ये महात्मा महर्षि पश्चिम दिशामें निवास करते हैं ॥ ३०-३१½ ॥

आत्रेयश्च वसिष्ठश्च कश्यपश्च महानृषिः ॥ ३२ ॥
गौतमोऽथ भरद्वाजो विश्वामित्रोऽथ कौशिकः ।
तथैव पुत्रो भगवानृचीकस्य महात्मनः ॥ ३३ ॥
जमदग्निश्च सप्तैते उदीचीमाश्रिता दिशम् ।

आत्रेय, वसिष्ठ, महर्षि कश्यप, गौतम, भरद्वाज, कुशिकवंशी विश्वामित्र तथा महात्मा ऋचीकके पुत्र भगवान् जमदग्नि—ये सात उत्तर दिशामें रहते हैं ॥ ३२-३३½ ॥

एते प्रतिदिशं सर्वे कीर्तितास्तिग्मतेजसः ॥ ३४ ॥
साक्षिभूता महात्मानो भुवनानां प्रभावनाः ।
एवमेते महात्मानः स्थिताः प्रत्येकशो दिशम् ॥ ३५ ॥

इस प्रकार प्रत्येक दिशामें रहनेवाले सम्पूर्ण तेजस्वी महर्षियोंका वर्णन किया गया । ये महात्मा सम्पूर्ण लोकोंकी सृष्टि करनेमें समर्थ एवं सबके साक्षी हैं । इनका हृदय बड़ा विशाल है । इस तरह ये प्रत्येक दिशामें निवास करते हैं ॥

एतेषां कीर्तनं कृत्वा सर्वपापात् प्रमुच्यते ।
यस्यां यस्यां दिशि ह्येते तां दिशं शरणं गतः ।
मुच्यते सर्वपापेभ्यः स्वस्तिमांश्च गृहान् व्रजेत् ॥ ३६ ॥

इन सबका गुणगान करनेसे मनुष्य सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त हो जाता है । जिस-जिस दिशामें ये महर्षि रहते हैं, उस उस दिशामें जानेपर जो मनुष्य इनकी शरण लेता है, वह सब पापोंसे मुक्त हो जाता और कुशलपूर्वक अपने घरको पहुँच जाता है ॥ ३६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि दिशास्वस्तिकं नाम अष्टाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें दिशास्वस्तिक नामक दो सौ आठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २०८ ॥

नवाधिकद्विशततमोऽध्यायः

भगवान् विष्णुका वराहरूपमें प्रकट होकर देवताओंकी रक्षा और दानवोंका विनाश कर देना तथा नारदको अनुस्मृतिस्तोत्रका उपदेश और नारदद्वारा भगवान्‌की स्तुति

युधिष्ठिर उवाच

पितामह महाप्राज्ञ युधि सत्यपराक्रम ।
श्रोतुमिच्छामि कार्त्स्न्येन कृष्णमव्ययमीश्वरम् ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—युद्धमें सच्चा पराक्रम प्रकट करनेवाले महाप्राज्ञ पितामह ! भगवान् श्रीकृष्ण अविनाशी ईश्वर हैं; मैं पूर्णरूपसे इनके महत्त्वका वर्णन सुनना चाहता हूँ ॥ १ ॥

यच्चास्य तेजः सुमहद् यच्च कर्म पुरा कृतम् ।
तन्मे सर्वं यथातत्त्वं ब्रूहि त्वं पुरुषर्षभ ॥ २ ॥

पुरुषप्रवर ! इनका जो महान् तेज है, इन्होंने पूर्वकालमें जो महान् कर्म किया है, वह सब आप मुझे यथार्थरूपसे बताइये ॥ २ ॥

तिर्यग्योनिगतं रूपं कथं धारितवान् प्रभुः ।
केन कार्यनिसर्गेण तमाख्याहि महाबल ॥ ३ ॥

महाबली पितामह ! सम्पूर्ण जगत्‌के प्रभु होकर भी इन्होंने किस निमित्तसे तिर्यग्योनिमें जन्म ग्रहण किया; यह मुझे बताइये ॥ ३ ॥

भीष्म उवाच

पुराहं मृगयां यातो मार्कण्डेयाश्रमे स्थितः ।
तत्रापश्यं मुनिगणान् समासीनान् सहस्रशः ॥ ४ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! पहलेकी बात है, मैं शिकार खेलनेके लिये वनमें गया और मार्कण्डेय मुनिके आश्रमपर ठहरा । वहाँ मैंने सहस्रों मुनियोंको बैठे देखा ॥ ४ ॥

ततस्ते मधुपर्केण पूजां चक्रुरथो मयि ।
प्रतिगृह्य च तां पूजां प्रत्यनन्दमृषीनहम् ॥ ५ ॥

मेरे जानेपर उन महर्षियोंने मधुपर्क समर्पित करके मेरा आतिथ्य-सत्कार किया । मैंने भी उनका सत्कार ग्रहण करके उन सभी महर्षियोंका अभिनन्दन किया ॥ ५ ॥

कथैषा कथिता तत्र कश्यपेन महर्षिणा ।
मनःप्रह्लादिनी दिव्यां तामिहैकमनाः शृणु ॥ ६ ॥

फिर महर्षि कश्यपने मनको आनन्द प्रदान करनेवाली यह दिव्य कथा मुझे सुनायी । मैं उसे कहता हूँ, तुम एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥ ६ ॥

पुरा दानवमुख्या हि क्रोधलोभसमन्विताः ।
बलेन मत्ताः शतशो नरकाद्या महासुराः ॥ ७ ॥

पूर्वकालमें नरकासुर आदि सैकड़ों मुख्य-मुख्य दानव क्रोध और लोभके वशीभूत हो बलके मदसे मतवाले हो गये थे ॥ ७ ॥

तथैव चान्ये बहवो दानवा युद्धदुर्मदाः ।
न सहन्ते स्म देवानां समृद्धिं तामनुत्तमाम् ॥ ८ ॥

इनके सिवा और भी बहुत-से रणदुर्मद दानव थे, जो देवताओंकी उत्तम समृद्धिको सहन नहीं कर पाते थे ॥ ८ ॥

दानवैरर्द्यमानास्तु देवा देवर्षयस्तथा ।
न शर्म लेभिरे राजन् विशमानास्ततस्ततः ॥ ९ ॥

राजन् ! उन दानवोंसे पीड़ित हो देवता और देवर्षि कहीं चैन नहीं पाते थे । वे इधर-उधर लुकते छिपते फिरते थे ॥ ९ ॥

पृथिवीमार्तरूपां ते समपश्यन् दिवौकसः ।
दानवैरभिसंस्तीर्णां घोररूपैर्महाबलैः ॥ १० ॥

समूचे भूमण्डलमें भयानक रूपधारी महाबली दानव

फैल गये थे । देवताओंने देखा, यह पृथ्वी दानवोंके पाप-भारसे पीड़ित एवं आर्त हो उठी है ॥ १० ॥

भारार्तामप्रहृष्टां च दुःखितां संनिमज्जतीम् ।
अथादितेयाः संत्रस्ता ब्रह्माणमिदमब्रुवन् ॥ ११ ॥

यह भारसे व्याकुल, हर्ष और उल्लाससे शून्य तथा दुखी हो रसातलमें डूब रही है । यह देखकर अदितिके सभी पुत्र भयसे थर्रा उठे और ब्रह्माजीसे इस प्रकार बोले—॥ ११॥

कथं शक्यामहे ब्रह्मन् दानवैरभिमर्दनम् ।
स्वयम्भूस्तानुवाचेदं निसृष्टोऽत्र विधिर्मया ॥ १२ ॥

'ब्रह्मन् ! दानवलोग जो हमें इस प्रकार रौंद रहे हैं, इसे हम किस प्रकार सह सकेंगे ?' तब स्वयम्भू ब्रह्माने उनसे इस प्रकार कहा—'देवताओ ! इस विपत्तिको दूर करनेके लिये मैंने उपाय कर दिया है ॥ १२ ॥

ते वरेणाभिसम्पन्ना बलेन च मदेन च ।
नावबुध्यन्ति सम्मूढा विष्णुमव्यक्तदर्शनम् ॥ १३ ॥
वराहरूपिणं देवमधृष्यममरैरपि ।

'वे दानव वर पाकर बल और अभिमानसे मत्त हो उठे हैं । वे मूढ दैत्य अव्यक्तस्वरूप भगवान् विष्णुको नहीं जानते, जो देवताओंके लिये भी दुर्धर्ष हैं । उन्होंने वाराह रूप धारण कर रखा है ॥ १३½ ॥

एष वेगेन गत्वा हि [illegible] ते दानवाधमाः ॥ १४ ॥
अन्तर्भूमिगता घोरा निवसन्ति सहस्रशः ।
शमयिष्यति तच्छ्रुत्वा जहृषुः सुरसत्तमाः ॥ १५ ॥

'वे सहस्रों घोर दैत्य और दानवाधम भूमिके भीतर पाताललोकमें निवास करते हैं, भगवान् वाराह वेगपूर्वक वहीं जाकर उन सबका विनाश कर देंगे ।' यह सुनकर सभी श्रेष्ठ देवता हर्षसे खिल उठे ॥ १४-१५ ॥

ततो विष्णुर्महातेजा वाराहं रूपमास्थितः ।
अन्तर्भूमिं सम्प्रविश्य जगाम दितिजान् प्रति ॥ १६ ॥

उधर महातेजस्वी भगवान् विष्णु वाराहरूप धारण [illegible] बड़े वेगसे भूमिके भीतर प्रविष्ट हुए और दैत्योंके पास [illegible] पहुँचे ॥ १६ ॥

दृष्ट्वा च सहिताः सर्वे दैत्याः सत्त्वममानुषम् ।
प्रसह्य तरसा सर्वे संतस्थुः कालमोहिताः ॥ १७ ॥

उस अलौकिक जन्तुको देखकर सब दैत्य एक साथ हो वेगपूर्वक उसका सामना करनेके लिये हठात् खड़े हो गये; क्योंकि वे कालसे मोहित हो रहे थे ॥ १७ ॥

ततस्ते समभिद्रुत्य वराहं जगृहुः समम् ।
संक्रुद्धाश्च वराहं तं व्यकर्षन्त समन्ततः ॥ १८ ॥

उन सबने कुपित होकर भगवान् वाराहपर एक साथ धावा बोल दिया और उन्हें हाथोंहाथ पकड़ लिया । पकड़कर वे वाराहदेवको चारों ओरसे खींचने लगे ॥ १८ ॥

दानवेन्द्रा महाकाया महावीर्यबलोच्छ्रिताः ।
नाशक्नुवंश्च किंचित् ते तस्य कर्तुं तदा विभो ॥ १९ ॥

प्रभो ! यद्यपि वे विशालकाय दानवराज महान् बल और वीर्यसे सम्पन्न थे, तो भी उन भगवान्‌का कुछ बिगाड़ न सके ॥ १९ ॥

ततोऽगच्छन् विस्मयं ते दानवेन्द्रा भयं तथा ।
संशयं गतमात्मानं मेनिरे च सहस्रशः ॥ २० ॥

इससे उन दानवेन्द्रोंको बड़ा विस्मय और भय प्राप्त हुआ। वे सहस्रों दैत्य अपने आपको जीवनके संशयमें पड़ा हुआ मानने लगे ॥ २० ॥

ततो देवाधिदेवः स योगात्मा योगसारथिः ।
योगमास्थाय भगवांस्तदा भरतसत्तम ॥ २१ ॥
विननाद महानादं क्षोभयन् दैत्यदानवान् ।
संनादिता येन लोकाः सर्वाश्चैव दिशो दश ॥ २२ ॥

भरतश्रेष्ठ ! इसके बाद योगस्वरूप योगके नियन्ता देवाधिदेव भगवान् वाराह दैत्यों और दानवोंको क्षोभमें डालनेके लिये योगका आश्रय ले बड़े जोर-जोरसे गर्जना करने लगे । उस भीषण गर्जनासे तीनों लोक और ये सारी दसों दिशाएँ गूँज उठीं ॥ २१-२२ ॥

तेन संनादशब्देन लोकानां क्षोभ आगमत् ।
संत्रस्ताश्च भृशं लोके देवाः शक्रपुरोगमाः ॥ २३ ॥

उस भीषण गर्जनासे समस्त लोकोंमें हलचल-मच गयी। स्वर्गलोकमें इन्द्र आदि देवता भी अत्यन्त भयभीत हो उठे ॥२३॥

निर्विचेष्टं जगच्चापि बभूवातिभृशं तदा ।
स्थावरं जङ्गमं चैव तेन नादेन मोहितम् ॥ २४ ॥

उस सिंहनादसे मोहित होकर समस्त चराचर जगत् अत्यन्त चेष्टारहित हो गया ॥ २४ ॥

ततस्ते दानवाः सर्वे तेन नादेन भीषिताः ।
पेतुर्गतासवश्चैव विष्णुतेजःप्रमोहिताः ॥ २५ ॥

तदनन्तर वे सब दानव भगवान्‌की उस गर्जनासे भयभीत हो प्राणशून्य होकर पृथ्वीपर गिर पड़े । वे सब क्रे-[illegible] भगवान् विष्णुके तेजसे मोहित हो अपनी सुध-बुध खो बैठे थे ॥ २५ ॥

रसातलगतांश्चापि वराहस्त्रिदशद्विषाम् ।
खुरैर्विदारयामास मांसमेदोऽस्थिसंचयान् ॥ २६ ॥

रसातलमें जाकर भी भगवान् वाराहने देवद्रोही असुरोंको अपने खुरोंसे विदीर्ण [illegible] दिया । उनके मांस, मेदा और हड्डियोंके ढेर लग गये थे ॥ २६ ॥

नादेन तेन महता सनातन इति स्मृतः ।
पद्मनाभो महायोगी भूताचार्यः स भूतराट् ॥ २७ ॥

सम्पूर्ण प्राणियोंके आचार्य और स्वामी महायोगी वे भगवान् पद्मनाभ अपने महान् सिंहनादके कारण 'सनातन'[1] माने गये हैं ॥ २७ ॥

---

१. इस श्लोकमें वर्णित भावके अनुसार सनातन शब्दकी व्युत्पत्ति [illegible] प्रकार समझनी चाहिये—नादेन सहितः सनादनः । दकारके स्थाने

ततो देवगणाः सर्वे पितामहमुपाद्रवन्।
तत्र गत्वा महात्मानमूचुश्चैव जगत्पतिम्॥ २८॥
नादोऽयं कीदृशो देव नैतं विद्म वयं प्रभो।
कोऽसौ हि कस्य वा नादो येन विह्वलितं जगत्॥ २९॥
देवाश्च दानवाश्चैव मोहितास्तस्य तेजसा।

उनके उस सिंहनादको सुनकर सब देवता जगदीश्वर भगवान् ब्रह्माजीके पास गये। वहाँ पहुँचकर वे इस [illegible] बोले—'देव! प्रभो! यह कैसा सिंहनाद है? इसे हमलोग नहीं जानते। वह कौन वीर है? अथवा किसकी गर्जना है? जिसने इस जगत्को व्याकुल कर दिया है। देवता और दानव सभी उसके तेजसे मोहित हो रहे हैं' ॥ २८-२९½ ॥

एतस्मिन्नन्तरे विष्णुर्वाराहं रूपमास्थितः।
उदतिष्ठन्महाबाहो स्तूयमानो महर्षिभिः॥ ३०॥

महाबाहो! इसी बीचमें वाराहरूपधारी भगवान् विष्णु जलसे ऊपर उठे। उस समय महर्षिगण उनकी स्तुति कर रहे थे॥ ३०॥

पितामह उवाच

निहत्य दानवपतीन् महावर्ष्मा महाबलः।
एष देवो महायोगी भूतात्मा भूतभावनः॥ ३१॥

ब्रह्माजी बोले—देवताओ! ये महाकाय महाबली महायोगी भूतभावन भूतात्मा भगवान् विष्णु हैं, जो दानवराजोंका वध करके आ रहे हैं॥ ३१॥

सर्वभूतेश्वरो योगी मुनिरात्मा तथाऽऽत्मनः।
स्थिरीभवत कृष्णोऽयं सर्वविघ्नविनाशनः॥ ३२॥

ये सम्पूर्ण भूतोंके ईश्वर, योगी, मुनि तथा आत्माके भी आत्मा हैं, ये ही [illegible] विघ्नोंका विनाश करनेवाले श्रीकृष्ण हैं; अतः तुमलोग धैर्य धारण करो॥ ३२॥

कृत्वा कर्मातिसाध्वेतदशक्यममितप्रभः।
समायातः स्वमात्मानं महाभागो महाद्युतिः॥ ३३॥

अनन्त प्रभासे परिपूर्ण, महातेजस्वी एवं महान् सौभाग्यके आश्रयभूत ये भगवान् अत्यन्त उत्तम और दूसरोंके लिये असम्भव कार्य करके आ रहे हैं॥ ३३॥

पद्मनाभो महायोगी महात्मा भूतभावनः।
न संतापो न भीः कार्या शोको वा सुरसत्तमाः॥ ३४॥

सुरश्रेष्ठगण! ये महायोगी भूतभावन महात्मा पद्मनाभ हैं; अतः तुम्हें अपने मनसे संताप, भय एवं शोकको दूर कर देना चाहिये॥ ३४॥

विधिरेष प्रभावश्च [illegible] संक्षयकारकः।
लोकान् धारयता तेन नादो मुक्तो महात्मना॥ ३५॥

ये ही विधि हैं, ये ही प्रभाव हैं और ये ही संहारकारी काल हैं, इन्हीं परमात्माने सम्पूर्ण जगत्की रक्षा करते हुए यह भीषण सिंहनाद किया है॥ ३५॥

स एष हि महाबाहुः सर्वलोकनमस्कृतः।
अच्युतः पुण्डरीकाक्षः सर्वभूतादिरीश्वरः॥ ३६॥

ये सम्पूर्ण भूतोंके आदि कारण, सर्वलोकवन्दित ईश्वर महाबाहु कमलनयन अच्युत हैं॥ ३६॥

(युधिष्ठिर उवाच

पितामह महाप्राज्ञ सर्वशास्त्रविशारद।
प्रयाणकाले किं जप्यं मोक्षिभिस्तत्त्वचिन्तकैः॥

युधिष्ठिरने पूछा—सम्पूर्ण शास्त्रोंके ज्ञानमें निपुण महाप्राज्ञ पितामह! मोक्षकी अभिलाषा रखनेवाले तत्त्व-चिन्तकोंको मृत्युकालमें किस मन्त्रका जप करना चाहिये॥

किमनुस्मरन् कुरुश्रेष्ठ मरणे पर्युपस्थिते।
प्राप्नुयात् परमां सिद्धिं श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः॥

कुरुश्रेष्ठ! मृत्युका समय उपस्थित होनेपर किसका चिन्तन करनेवाला पुरुष परम सिद्धिको [illegible] हो [illegible] है? यह [illegible] यथार्थरूपसे सुनना चाहता हूँ॥

भीष्म उवाच

सयुक्तिसहितः [illegible] उक्तः प्रश्नस्त्वयानघ।
शृणुष्वावहितो [illegible] नारदेन पुरा श्रुतम्॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! निष्पाप नरेश! तुमने जो प्रश्न उपस्थित किया है, वह उत्तम युक्तियुक्त और सूक्ष्म है। उसे सावधान होकर सुनो। जो पूर्वकालमें मैंने नारदजीसे सुना था, वही मैं तुमसे कहता हूँ॥

श्रीवत्साङ्कं जगद्बीजमनन्तं लोकसाक्षिणम्।
पुरा नारायणं देवं नारदः परिपृष्टवान्॥

जिनका वक्षःस्थल श्रीवत्सचिह्नसे सुशोभित है, जो इस जगत्के बीज (मूल कारण) हैं, जिनका कहीं अन्त नहीं है तथा जो इस जगत्के साक्षी हैं, उन्हीं भगवान् नारायणसे पूर्वकालमें नारदजीने इस प्रकार प्रश्न किया॥

नारद उवाच

त्वामक्षरं परं [illegible] निर्गुणं तमसः परम्।
आहुर्वेद्यं परं धाम ब्रह्मादिकमलोद्भवम्॥
भगवन् भूतभव्येश श्रद्दधानैर्जितेन्द्रियैः।
कथं भक्तैर्विचिन्त्योऽसि योगिभिर्मोक्षकाङ्क्षिभिः॥

नारदजीने पूछा—भगवन्! महर्षिगण कहते हैं, आप अविनाशी (नित्य), परब्रह्म, निर्गुण, अज्ञानान्धकार एवं तमोगुणसे अतीत, विद्याके अधिपति, परम धामस्वरूप, ब्रह्मा तथा उनकी प्राकट्यभूमि—आदिकमलके उत्पत्ति स्थान हैं, भूत और भविष्यके स्वामी परमेश्वर! श्रद्धालु और जितेन्द्रिय भक्तों तथा मोक्षकी अभिलाषा रखनेवाले योगियोंको आपके स्वरूपका किस प्रकार चिन्तन करना चाहिये?॥

तकारो छान्दसः। जो नादके साथ हो, वह 'सनादन' कहलाता है। सनादनके दकारके स्थानमें तकार हो जानेसे 'सनातन' [illegible] है।

भगवान् वराहकी ऋषियोंद्वारा स्तुति

किं च जप्यं जपेन्नित्यं कल्यमुत्थाय मानवः।
कथं युञ्जन् सदा ध्यायेद् ब्रूहि तत्त्वं सनातनम्॥

मनुष्य प्रतिदिन सबेरे उठकर किस जपनीय मन्त्रका जप करे और योगी पुरुष किस प्रकार निरन्तर ध्यान करे? आप इस सनातन तत्त्वका वर्णन कीजिये॥

श्रुत्वा तस्य तु देवर्षेर्वाक्यं वाचस्पतिः स्वयम्।
प्रोवाच भगवान् विष्णुर्नारदं वरदः प्रभुः॥

देवर्षि नारदका यह वचन सुनकर वाणीके अधिपति वरदायक भगवान् विष्णुने नारदजीसे इस प्रकार कहा॥

श्रीभगवानुवाच

हन्त ते कथयिष्यामि इमां दिव्यामनुस्मृतिम्।
यामधीत्य प्रयाणे तु मद्भावायोपपद्यते॥

श्रीभगवान् बोले—देवर्षे! मैं हर्षपूर्वक तुम्हारे सामने इस दिव्य अनुस्मृतिका वर्णन करता हूँ। मृत्युकालमें जिसका अध्ययन और श्रवण करके मनुष्य मेरे स्वरूपको प्राप्त हो जाता है॥

ओङ्कारमग्रतः कृत्वा मां नमस्कृत्य नारद।
एकाग्रः प्रयतो भूत्वा इमं मन्त्रमुदीरयेत्॥
ओं नमो भगवते वासुदेवायेति।

नारद! आदिमें ओंकारका उच्चारण करके मुझे नमस्कार करे। अर्थात् एकाग्र एवं पवित्रचित्त होकर इस मन्त्रका उच्चारण करे—'ओं नमो भगवते वासुदेवाय' इति॥

इत्युक्तो नारदः प्राह प्राञ्जलिः प्रयतः स्थितः॥
सर्वदेवेश्वरं विष्णुं सर्वात्मानं हरिं प्रभुम्।

भगवान्‌के ऐसा कहनेपर नारदजी हाथ जोड़ प्रणाम करके खड़े हो गये और उन सर्वदेवेश्वर सर्वात्मा एवं पापहारी प्रभु श्रीविष्णुसे बोले॥

नारद उवाच

अव्यक्तं शाश्वतं देवं प्रभवं पुरुषोत्तमम्॥
प्रपद्ये प्राञ्जलिर्विष्णुमक्षरं परमं पदम्।

नारदजीने कहा—प्रभो! जो अव्यक्त सनातन देवता, सबकी उत्पत्तिके कारण, पुरुषोत्तम, अविनाशी और परम पदस्वरूप हैं, उन भगवान् विष्णुकी मैं हाथ जोड़कर शरण लेता हूँ॥

पुराणं प्रभवं नित्यमक्षयं लोकसाक्षिणम्॥
प्रपद्ये पुण्डरीकाक्षमीशं भक्तानुकम्पिनम्।

जो पुराणपुरुष, सबकी उत्पत्तिके कारण, नित्य, अक्षय और सम्पूर्ण जगत्‌के साक्षी हैं, जिनके नेत्र कमलके समान सुन्दर हैं, उन भक्तवत्सल भगवान् विष्णुकी मैं शरण लेता हूँ॥

लोकनाथं सहस्राक्षमद्भुतं परमं पदम्॥
भगवन्तं प्रपन्नोऽस्मि भूतभव्यभवत्प्रभुम्।

जो सम्पूर्ण लोकोंके स्वामी तथा संरक्षक हैं, जिनके सहस्रों नेत्र हैं तथा जो भूत, भविष्य और वर्तमानके स्वामी हैं, उन अद्भुत परमपदरूप भगवान् विष्णुकी मैं शरण लेता हूँ॥

स्रष्टारं सर्वलोकानामनन्तं विश्वतोमुखम्॥
पद्मनाभं हृषीकेशं प्रपद्ये सत्यमच्युतम्।

सम्पूर्ण लोकोंके स्रष्टा और सब ओर मुखवाले, अनन्त, सत्य, अच्युत एवं सम्पूर्ण इन्द्रियोंके स्वामी भगवान् पद्मनाभकी मैं शरण लेता हूँ॥

हिरण्यगर्भममृतं भूगर्भं परतः परम्॥
प्रभोः प्रभुमनाद्यन्तं प्रपद्ये तं रविप्रभम्।

जो हिरण्यगर्भ, अमृतस्वरूप, पृथ्वीको गर्भमें धारण करनेवाले, परात्पर तथा प्रभुओंके भी प्रभु हैं, उन अनादि, अनन्त तथा सूर्यके समान कान्तिवाले भगवान् श्रीहरिकी मैं शरण लेता हूँ॥

सहस्रशीर्षं पुरुषं महर्षिं तत्त्वभावनम्॥
प्रपद्ये सूक्ष्ममचलं वरेण्यमभयप्रदम्।

जिनके सहस्रों मस्तक हैं, जो अन्तर्यामी आत्मा हैं, तत्त्वोंका चिन्तन करनेवाले महर्षि कपिलस्वरूप हैं, उन सूक्ष्म, अचल, वरेण्य और अभयप्रद भगवान् श्रीहरिकी शरण लेता हूँ॥

नारायणं पुराणर्षिं योगात्मानं सनातनम्॥
संस्थानं सर्वतत्त्वानां प्रपद्ये ध्रुवमीश्वरम्।

जो पुरातन ऋषि नारायण हैं, योगात्मा हैं, सनातन पुरुष हैं, सम्पूर्ण तत्त्वोंके अधिष्ठान एवं अविनाशी ईश्वर हैं, उन भगवान् श्रीहरिकी मैं शरण लेता हूँ॥

यः प्रभुः सर्वभूतानां येन सर्वमिदं ततम्॥
चराचरगुरुर्विष्णुः स मे देवः प्रसीदतु।

जो सम्पूर्ण भूतोंके प्रभु हैं, जिन्होंने इस संसारको व्याप्त कर रक्खा है तथा जो चर और अचर प्राणियोंके गुरु हैं, वे भगवान् विष्णु मुझपर प्रसन्न हों॥

यस्मादुत्पद्यते ब्रह्मा पद्मयोनिः पितामहः॥
ब्रह्मयोनिर्हि विश्वात्मा स मे विष्णुः प्रसीदतु।

जिनसे पद्मयोनि पितामह ब्रह्माकी उत्पत्ति होती है तथा जो वेद और ब्राह्मणोंकी योनि हैं, वे विश्वात्मा विष्णु मुझपर प्रसन्न हों॥

यः पुरा प्रलये प्राप्ते नष्टे स्थावरजङ्गमे।
ब्रह्मादिषु प्रलीनेषु नष्टे लोके परावरे॥
आभूतसम्प्लवे चैव प्रलीने प्रकृतौ महान्।
एकस्तिष्ठति विश्वात्मा स मे विष्णुः प्रसीदतु॥

प्राचीन कालमें महाप्रलय प्राप्त होनेपर जब सभी चराचर प्राणी नष्ट हो जाते हैं, ब्रह्मा आदि देवताओंका भी लय हो जाता है और संसारकी छोटी-बड़ी सभी वस्तुएँ नष्ट हो जाती हैं तथा सम्पूर्ण भूतोंका क्रमशः लय होकर जब प्रकृतिमें महत्तत्त्व भी विलीन हो जाता है, उस समय जो एकमात्र

शेष रह जाते हैं, वे विश्वात्मा विष्णु मुझपर प्रसन्न हों ॥

चतुर्भिश्च चतुर्भिश्च द्वाभ्यां पञ्चभिरेव च।
हूयते च पुनर्द्वाभ्यां स मे विष्णुः प्रसीदतु ॥

चार[1], चार[2], दो[3], पाँच[4] तथा दो[5]—इन सत्रह अक्षरोंवाले मन्त्रोद्वारा जिन्हें आहुति दी जाती है, वे भगवान् विष्णु मुझपर प्रसन्न हों ॥

पर्जन्यः पृथिवी सस्यं कालो धर्मः क्रियाक्रिये।
गुणाकरः स मे बभ्रुर्वासुदेवः प्रसीदतु ॥

मेघ, पृथ्वी, सस्य, काल, धर्म, कर्म और कर्मका अभाव —ये सब जिनके स्वरूप है, गुणोंके भण्डाररूप वे श्यामवर्ण भगवान् वासुदेव मुझपर प्रसन्न हों ॥

अग्नीषोमार्कताराणां ब्रह्मरुद्रेन्द्रयोगिनाम्।
यस्तेजयति तेजांसि स मे विष्णुः प्रसीदतु ॥

जो अग्नि, चन्द्रमा, सूर्य, तारागण, ब्रह्मा, रुद्र, इन्द्र तथा योगियोंके भी तेजको जीत लेते हैं, वे भगवान् विष्णु मुझपर प्रसन्न हों ॥

योगावास नमस्तुभ्यं सर्वावास वरप्रद।
यज्ञगर्भ हिरण्याङ्ग पञ्चयज्ञ नमोऽस्तु ते ॥

योगके आवासस्थान! आपको नमस्कार है। सबके निवासस्थान, वरदायक, यज्ञगर्भ, सुनहरे रंगोंवाले पञ्च-यज्ञमय परमेश्वर! आपको नमस्कार है ॥

चतुर्मूर्ते परं धाम लक्ष्म्यावास परार्चित।
सर्वावास नमस्तेऽस्तु वासुदेव प्रधानकृत् ॥

आप श्रीकृष्ण, बलभद्र, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध—इन चार रूपोंवाले, परमधामस्वरूप, लक्ष्मीनिवास, परमपूजित, सबके आवासस्थान और प्रकृतिके भी प्रवर्तक हैं। वासुदेव! आपको नमस्कार है ॥

अजस्त्वमगमः पन्था ह्यमूर्तिर्विश्वमूर्तिधृक्।
विकर्तः पञ्चकालज्ञ नमस्ते ज्ञानसागर ॥

आप अजन्मा हैं, अगम्य मार्ग हैं, निराकार हैं अथवा जगत्के सम्पूर्ण आकार आप ही धारण करते हैं, आप ही संहारकारी रुद्र हैं। आप प्रातः, सङ्गव, मध्याह्न, अपराह्न और सायाह्न—इन पाँच कालोंको जाननेवाले हैं। ज्ञानसागर! आपको नमस्कार है ॥

अव्यक्ताद् व्यक्तमुत्पन्नं व्यक्ताद् यस्तु परोऽक्षरः।
यस्मात् परतरं नास्ति तमस्मि शरणं गतः ॥

जिन अव्यक्त परमात्मासे इस व्यक्त जगत्की उत्पत्ति हुई है, जो व्यक्तसे परे और अविनाशी हैं, जिनसे [illegible] दूसरी कोई वस्तु नहीं है, उन भगवान् विष्णुकी मैं शरणमें आया हूँ ॥

न प्रधानो न च महान् पुरुषश्चेतनो ह्यजः।
अनयोर्यः परतरः तमस्मि शरणं गतः ॥

प्रकृति और महत्तत्त्व—ये दोनों जड हैं। पुरुष चेतन और अजन्मा है। इन दोनों क्षर और अक्षर पुरुषोंसे जो उत्कृष्ट और विलक्षण हैं, उन भगवान् पुरुषोत्तमकी मैं शरण लेता हूँ ॥

चिन्तयन्तो हि यं नित्यं ब्रह्मेशानादयः प्रभुम्।
निश्चयं नाधिगच्छन्ति तमस्मि शरणं गतः ॥

ब्रह्मा और शिव आदि देवता जिन भगवान्का सदा चिन्तन करते रहनेपर भी उनके स्वरूपके सम्बन्धमें किसी निश्चय तक नहीं पहुँच पाते, उन परमेश्वरकी मैं शरण लेता हूँ ॥

जितेन्द्रिया महात्मानो ज्ञानध्यानपरायणाः।
यं प्राप्य न निवर्तन्ते तमस्मि शरणं गतः ॥

ज्ञानी और ध्यानपरायण जितेन्द्रिय महात्मा जिन्हें पाकर फिर इस संसारमें नहीं लौटते हैं, उन भगवान् श्रीहरि-की मैं शरण ग्रहण करता हूँ ॥

एकांशेन जगत् सर्वमवष्टभ्य विभुः स्थितः।
अग्राह्यो निर्गुणो नित्यस्तमस्मि शरणं गतः ॥

जो सर्वव्यापी परमेश्वर इस सम्पूर्ण जगत्को अपने एक अंशसे धारण करके स्थित हैं, जो किसी इन्द्रियविशेषके द्वारा ग्रहण नहीं किये जाते तथा जो निर्गुण एवं नित्य हैं, उन परमात्माकी मैं शरणमें जाता हूँ ॥

सोमार्काग्निमयं तेजो या च तारामयी द्युतिः।
दिवि संजायते योऽयं स महात्मा प्रसीदतु ॥

आकाशमें जो सूर्य और चन्द्रमाका तेज प्रकाशित होता है तथा तारागणोंकी जो ज्योति जगमगाती रहती है, वह सब जिनका ही स्वरूप है, वे परमात्मा मुझपर प्रसन्न हों ॥

गुणादिर्निर्गुणश्चाद्यो लक्ष्मीवांश्चेतनो ह्यजः।
सूक्ष्मः सर्वगतो योगी स महात्मा प्रसीदतु ॥

जो समस्त गुणोंके आदि कारण और स्वयं निर्गुण हैं, आदि पुरुष, लक्ष्मीवान्, चेतन, अजन्मा, सूक्ष्म, सर्वव्यापी तथा योगी हैं, वे महात्मा श्रीहरि मुझपर प्रसन्न हों ॥

सांख्ययोगाश्च ये चान्ये सिद्धाश्च परमर्षयः।
यं विदित्वा विमुच्यन्ते स महात्मा प्रसीदतु ॥

ज्ञानयोगी, कर्मयोगी तथा जो दूसरे-दूसरे सिद्ध और महर्षि हैं, वे जिन्हें जानकर इस संसारसे मुक्त हो जाते हैं, वे परमात्मा श्रीहरि मुझपर प्रसन्न हों ॥

अव्यक्तः समधिष्ठाता ह्यचिन्त्यः सदसत्परः।
आस्थितिः प्रकृतिश्रेष्ठः स महात्मा प्रसीदतु ॥

जो अव्यक्त, सबके अधिष्ठाता, अचिन्त्य और सत् असत्से विलक्षण हैं, आधाररहित एवं प्रकृतिसे श्रेष्ठ हैं, वे महात्मा श्रीहरि मुझपर प्रसन्न हों ॥

क्षेत्रज्ञः पञ्चधा भुङ्क्ते प्रकृतिं पञ्चभिर्मुखैः।
महान् गुणांश्च यो भुङ्क्ते स महात्मा प्रसीदतु ॥

जो जीवात्मारूपसे पाँच ज्ञानेन्द्रियरूपी मुखोंद्वारा शब्द आदि पाँच विषयोंका उपभोग करते हैं तथा [illegible]

१. आश्रावय, २. अस्तु श्रौषट्, ३. यज, ४. ये यजामहे, ५. वषट्।

होकर भी जो गुणोंका अनुभव करते हैं, वे महात्मा श्रीहरि मुझपर प्रसन्न हों ॥

सूर्यमध्ये स्थितः सोमस्तस्य मध्ये च या स्थिता ।
भूतग्राह्या च या दीप्तिः स महात्मा प्रसीदतु ॥

जो सूर्यमण्डलमें सोमरूपसे स्थित होते हैं, उस सोमके भीतर जो अलौकिक दीप्ति है, वह जिनका स्वरूप है, वे परमात्मा श्रीहरि मुझपर प्रसन्न हों ॥

नमस्ते सर्वतः सर्व सर्वतोऽक्षिशिरोमुख ।
निर्विकार नमस्तेऽस्तु साक्षी क्षेत्रे व्यवस्थितः ॥

सर्वस्वरूप परमेश्वर ! आपको सब ओरसे नमस्कार है, आपके सब ओर नेत्र, मस्तक और मुख है । निर्विकार परमात्मन् ! आपको नमस्कार है । आप प्रत्येक क्षेत्र (शरीर) में साक्षीरूपसे स्थित हैं ॥

अतीन्द्रिय नमस्तुभ्यं लिङ्गैर्व्यक्तैर्न मीयसे ।
ये च त्वां नाभिजानन्ति संसारे संसरन्ति ते ॥

इन्द्रियातीत परमेश्वर ! आपको नमस्कार है । व्यक्त लिङ्गोंद्वारा आपका ज्ञान होना असम्भव है । संसारमें जो आपको नहीं जानते हैं, वे जन्म-मृत्युके चक्करमें पड़े रहते हैं ॥

कामक्रोधविनिर्मुक्ता रागद्वेषविवर्जिताः ।
नान्यभक्ता विजानन्ति न पुनर्नारका द्विजाः ॥

जो काम और क्रोधसे मुक्त, राग-द्वेषसे रहित तथा आपके अनन्य भक्त हैं, वे ही आपको जान पाते हैं । जो विषयोंके नरकमें पड़े हुए द्विज हैं, वे आपको नहीं जानते हैं ॥

एकान्तिनो हि निर्द्वन्द्वा निराशीःकर्मकारिणः ।
ज्ञानाग्निदग्धकर्माणस्त्वां विशन्ति विनिश्चिताः ॥

जो आपके अनन्य भक्त, द्वन्द्वोंसे रहित तथा निष्काम कर्म करनेवाले हैं, जिन्होंने ज्ञानमयी अग्निसे अपने समस्त कर्मोंको दग्ध कर दिया है, वे आपके प्रति दृढ़ निष्ठा रखनेवाले पुरुष आपमें ही प्रवेश करते हैं ॥

अशरीरं शरीरस्थं समं सर्वेषु देहिषु ।
पुण्यपापविनिर्मुक्ता भक्तास्त्वां प्रविशन्त्युत ॥

आप शरीरमें रहते हुए भी उससे रहित हैं तथा सम्पूर्ण देहधारियोंमें समभावसे स्थित हैं । जो पुण्य और पापसे मुक्त हैं, वे भक्तजन आपमें ही प्रवेश करते हैं ॥

अव्यक्तं बुद्ध्यहङ्कारमनोभूतेन्द्रियाणि च ।
त्वयि तानि च तेषु त्वं न तेषु त्वं न ते त्वयि ॥

अव्यक्त प्रकृति, बुद्धि (महत्तत्त्व), अहङ्कार, मन, पञ्च महाभूत तथा सम्पूर्ण इन्द्रियाँ सभी आपमें हैं और उन सबमें आप हैं, किंतु वास्तवमें न उनमें आप हैं, न आपमें वे हैं ॥

एकत्वान्यत्वनानात्वं ये विदुर्यान्ति ते परम् ।
समोऽसि सर्वभूतेषु न ते द्वेष्योऽस्ति न प्रियः ॥
समत्वमभिकाङ्क्षेऽहं भक्त्या वै नान्यचेतसा ।

एकत्व, अन्यत्व और नानात्वका रहस्य जो लोग अच्छी तरह जानते हैं, वे आप परमात्माको प्राप्त होते हैं । आप सम्पूर्ण भूतोंमें सम हैं । आपका न कोई द्वेषपात्र है और न प्रिय । मैं अनन्य चित्तसे आपकी भक्तिके द्वारा समत्व पाना चाहता हूँ ॥

चराचरमिदं सर्वं भूतग्रामं चतुर्विधम् ॥
त्वया त्वय्येव तत् प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ।

चार प्रकारका जो यह चराचर प्राणिसमुदाय है, वह सब आपसे व्याप्त है । जैसे सूतमें मणियाँ पिरोये होते हैं, उसी प्रकार यह सारा जगत् आपमें ही ओतप्रोत है ॥

स्रष्टा भोक्तासि कूटस्थो ह्यतत्त्वस्तत्त्वसंज्ञितः ॥
अकर्महेतुरचलः पृथगात्मन्यवस्थितः ।

आप जगत्‌के स्रष्टा, भोक्ता और कूटस्थ हैं । तत्त्वरूप होकर भी उससे सर्वथा विलक्षण हैं । आप कर्मके हेतु नहीं हैं । अविचल परमात्मा हैं । प्रत्येक शरीरमें पृथक्-पृथक् जीवात्मारूपसे आप ही विद्यमान हैं ॥

न ते भूतेषु संयोगो भूततत्त्वगुणातिगः ॥
अहङ्कारेण बुद्ध्या वा न ते योगस्त्रिभिर्गुणैः ।

वास्तवमें प्राणियोंसे आपका संयोग नहीं है । आप भूत, तत्त्व और गुणोंसे परे हैं । अहंकार, बुद्धि और तीनों गुणोंसे आपका कोई सम्बन्ध नहीं है ॥

न ते धर्मोऽस्त्यधर्मो वा नारम्भो जन्म वा पुनः ॥
जरामरणमोक्षार्थं त्वां प्रपन्नोऽस्मि सर्वशः ।

न आपका कोई धर्म है और न कोई अधर्म । न कोई आरम्भ है न जन्म । मैं जरा-मृत्युसे छुटकारा पानेके लिये सब प्रकारसे आपकी शरणमें आया हूँ ॥

ईश्वरोऽसि जगन्नाथ ततः परम उच्यसे ॥
भक्तानां यद्धितं देव तद्ध्याहि त्रिदशेश्वर ।

जगन्नाथ ! आप ईश्वर हैं, इसीलिये परमात्मा कहलाते हैं । देव ! सुरेश्वर ! भक्तोंके लिये जो हितकी बात हो, उसका मेरे लिये चिन्तन कीजिये ॥

विषयैरिन्द्रियैर्वापि न मे भूयः समागमः ॥
पृथिवीं यातु मे घ्राणं यातु मे रसना जलम् ।
रूपं हुताशनं यातु स्पर्शो यातु च मारुतम् ॥
श्रोत्रमाकाशमप्येतु मनो वैकारिकं पुनः ।

विषयों और इन्द्रियोंके साथ फिर मेरा कभी समागम न हो । मेरी घ्राणेन्द्रिय पृथ्वी तत्त्वमें मिल जाय और रसना जलमें, रूप (नेत्र) अग्निमें, स्पर्श (त्वचा) वायुमें, श्रोत्रेन्द्रिय आकाशमें और मन वैकारिक अहंकारमें मिल जाय ॥

इन्द्रियाण्यपि संयान्तु स्वासु स्वासु च योनिषु ॥
पृथिवी यातु सलिलमापोऽग्निमनलोऽनिलम् ।
वायुराकाशमप्येतु मनश्चाकाश एव च ॥
अहङ्कारं मनो यातु मोहनं सर्वदेहिनाम् ।

अहङ्कारस्ततो बुद्धिं बुद्धिरव्यक्तमच्युत ॥

अच्युत ! इन्द्रियाँ अपनी-अपनी योनियोंमें मिल जायँ, पृथ्वी जलमें, जल अग्निमें, अग्नि वायुमें, वायु आकाशमें, आकाश मनमें, मन समस्त प्राणियोंको मोहनेवाले अहंकारमें, अहंकार बुद्धि (महत्तत्त्व) में और बुद्धि अव्यक्त प्रकृतिमें मिल जाय ॥

प्रधाने प्रकृतिं याते गुणसाम्ये व्यवस्थिते ।
वियोगः सर्वकरणैर्गुणभूतैश्च मे भवेत् ॥

जब प्रधान प्रकृतिको प्राप्त हो जाय और गुणोंकी साम्यावस्थारूप महाप्रलय उपस्थित हो जाय, तब मेरा समस्त इन्द्रियों और उनके विषयोंसे वियोग हो जाय ॥

निष्कैवल्यपदं तात काङ्क्षेऽहं परमं तव ।
एकीभावस्त्वया मेऽस्तु न मे जन्म भवेत् पुनः ॥

तात ! मैं तुम्हारे लिये परम मोक्षकी आकाङ्क्षा [illegible] हूँ । आपके साथ मेरा एकीभाव हो जाय । इस संसारमें फिर मेरा जन्म न हो ॥

त्वद्बुद्धिस्त्वद्गतप्राणस्त्वद्भक्तस्त्वत्परायणः ।
त्वामेवाहं स्मरिष्यामि मरणे पर्युपस्थिते ॥

मृत्युकाल उपस्थित होनेपर मेरी बुद्धि आपमें ही लगी रहे । मेरे प्राण आपमें ही लीन रहें । मेरा आपमें ही भक्ति-भाव बना रहे और [illegible] सदा आपकी ही शरणमें पड़ा रहूँ । इस प्रकार मैं निरन्तर आपका ही स्मरण करता रहूँ ॥

पूर्वदेहकृता ये मे व्याधयः प्रविशन्तु माम् ।
अर्दयन्तु च दुःखानि ऋणं मे प्रतिमुञ्चतु ॥

पूर्वशरीरमें मैंने जो दुष्कर्म किये हों, उनके फलस्वरूप रोग-व्याधि मेरे शरीरमें प्रवेश करें और नाना प्रकारके दुःख मुझे आकर सतावें । इन सबका जो मेरे ऊपर ऋण है, वह उतर [illegible] ॥

अनुध्यातोऽसि देवेश [illegible] मे [illegible] भवेत् पुनः ।
तस्माद् ब्रवीमि कर्माणि ऋणं [illegible] भवेदिति ॥

देवेश्वर ! मैंने इसलिये आपका स्मरण किया है कि फिर मेरा जन्म न हो; अतः फिर कहता हूँ कि मेरे कर्म [illegible] हो जायँ और मुझपर किसीका ऋण बाकी न रह जाय ॥

उपतिष्ठन्तु मां सर्वे व्याधयः पूर्वसंचिताः ।
अनृणो गन्तुमिच्छामि तद् विष्णोः परमं पदम् ॥

पूर्व जन्ममें जिन कर्मोंका मेरे द्वारा संचय किया गया है, वे सभी रोग मेरे शरीरमें उपस्थित हो जायँ । [illegible] सबसे उऋण होकर भगवान् विष्णुके परम धामको जाना चाहता हूँ ॥

श्रीभगवानुवाच

अहं भगवतस्तस्य मम चासौ सनातनः ।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥

श्रीभगवान् बोले—नारद ! मैं उस सौभाग्यशाली भक्तका हूँ और वह भक्त भी मेरा सनातन सखा है । [illegible] उसके लिये कभी अदृश्य नहीं होता और न वही कभी मेरी दृष्टिसे ओझल होता है ॥

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि च ।
दशेन्द्रियाणि मनसि अहङ्कारे तथा मनः ॥
अहङ्कारं तथा बुद्धौ बुद्धिमात्मनि योजयेत् ।

साधक पाँच कर्मेन्द्रियों तथा पाँच ज्ञानेन्द्रियोंको संयममें रखकर उन दसों इन्द्रियोंको मनमें विलीन करे । मनको अहंकारमें, अहंकारको बुद्धिमें और बुद्धिको आत्मामें लगावे ॥

यतबुद्धीन्द्रियः पश्यन् बुद्ध्या बुद्ध्येत् परात्परम् ॥
ममायमिति यस्याहं येन सर्वमिदं ततम् ।

पाँचों ज्ञानेन्द्रियोंको संयममें [illegible] बुद्धिके द्वारा परात्पर परमात्माका अनुभव करे कि यह परमेश्वर मेरा है और मैं इसका हूँ तथा इसीने इस सम्पूर्ण जगत्‌को [illegible] कर रक्खा है ॥

आत्मनाऽऽत्मनि संयोज्य परमात्मानमनुस्मरेत् ॥
ततो बुद्धेः परं बुद्ध्वा लभते न पुनर्भवम् ।
मरणे समनुप्राप्ते यश्चैवं मामनुस्मरेत् ॥
अपि पापसमाचारः स याति परमां गतिम् ।

स्वयं ही अपने-आपको परमात्माके ध्यानमें लगाकर निरन्तर उनका स्मरण करे, तदनन्तर बुद्धिसे भी परे परमात्मा-को जानकर मनुष्य फिर इस संसारमें जन्म नहीं लेता । जो मृत्युकाल आनेपर इस प्रकार मेरा स्मरण करता है, वह पुरुष पहलेका पापाचारी रहा हो तो भी परम गतिको प्राप्त होता है ॥

ओं नमो भगवते तस्मै देहिनां परमात्मने ॥
नारायणाय भक्तानामेकनिष्ठाय शाश्वते ।

[illegible] देहधारियोंके परमात्मा तथा भक्तोंके प्रति एकमात्र निष्ठा रखनेवाले उन [illegible] भगवान् नारायणको नमस्कार है ॥

इमामनुस्मृतिं दिव्यां वैष्णवीं सुसमाहितः ॥
स्वपन् विबुध्यंश्च पठन् यत्र तत्र समभ्यसेत् ।

यह दिव्य वैष्णवी-अनुस्मृति विद्या है । मनुष्य एकाग्र-चित्त होकर सोते, जागते और स्वाध्याय करते समय जहाँ कहीं भी इसका जप करता रहे ॥

पौर्णमास्याममायां च द्वादश्यां च विशेषतः ॥
श्रावयेच्छ्रद्दधानांश्च मद्भक्तांश्च विशेषतः ।

पूर्णिमा, अमावास्या तथा विशेषतः द्वादशी तिथिको मेरे [illegible] भक्तोंको इसका श्रवण करावे ॥

यद्यहङ्कारमाश्रित्य यज्ञदानतपःक्रियाः ॥
कुर्वंस्तत्फलमाप्नोति पुनरावर्तनं तु तत् ।

यदि कोई अहंकारका आश्रय लेकर यज्ञ, दान और तपरूप कर्म करे तो उसका फल उसे मिलता है । परंतु वह आवागमनके चक्रमें डालनेवाला होता है ॥

अभ्यर्चयन् पितॄन् देवान् पठञ्जुह्वन् बलिं ददत् ॥
ज्वलन्नग्निं स्मरेद् यो मां स याति परमां गतिम्।

जो देवताओं और पितरोंकी पूजा, पाठ, होम और बलिवैश्वदेव करते तथा अग्निमें आहुति देते समय मेरा [illegible] करता है, वह परम गतिको [illegible] होता है ॥

यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम् ॥
यज्ञं दानं तपस्तस्मात् कुर्यादाशीर्विवर्जितः ।

यज्ञ, दान और तप—ये मनीषी पुरुषोंको पवित्र करनेवाले हैं; अतः यज्ञ, दान और तपका निष्कामभावसे अनुष्ठान करे ॥

नम इत्येव यो ब्रूयान्मद्भक्तः श्रद्धयान्वितः ॥
तस्याक्षयो भवेल्लोकः श्वपाकस्यापि नारद ।

नारद ! जो मेरा भक्त श्रद्धापूर्वक मेरे लिये केवल नमस्कारमात्र बोल देता है, वह चाण्डाल ही क्यों न हो, उसे अक्षयलोककी प्राप्ति होती है ॥

किं पुनर्ये यजन्ते मां साधका विधिपूर्वकम् ॥
श्रद्धावन्तो यतात्मानस्ते मां यान्ति मदाश्रिताः ।

फिर जो साधक मन और इन्द्रियोंको संयममें रखकर मेरे आश्रित हो श्रद्धा और विधिके साथ मेरी आराधना करते हैं, वे मुझे ही प्राप्त होते हैं, इसमें तो कहना ही क्या है ? ॥

कर्माण्याद्यन्तवन्तीह मद्भक्तो नान्तमश्नुते ॥
मामेव तस्माद् देवर्षे ध्याहि नित्यमतन्द्रितः ।
अवाप्स्यसि [illegible] सिद्धिं द्रक्ष्यस्येव पदं मम ॥

देवर्षे ! सारे कर्म और उनके [illegible] आदि-अन्तवाले हैं; परंतु मेरा भक्त अन्तवान् (विनाशशील) फलका उपभोग नहीं करता; अतः तुम सदा आलस्यरहित होकर मेरा ही ध्यान करो । इससे तुम्हें परम सिद्धि [illegible] होगी और तुम मेरे परमधामका दर्शन कर लोगे ॥

[illegible] च यो ज्ञानं दद्याद् धर्मोपदेशतः ।
कृत्स्नां [illegible] पृथिवीं दद्यात् तेन तुल्यं च तत्फलम् ॥

जो धर्मोपदेशके [illegible] अज्ञानी पुरुषको [illegible] प्रदान [illegible] है अथवा जो किसीको समूची पृथ्वीका दान कर देता है तो [illegible] ज्ञानदानका [illegible] इस पृथ्वीदानके बराबर ही माना जाता है ॥

तस्मात् प्रदेयं साधुभ्यो जन्मबन्धभयापहम् ।
एवं दत्त्वा नरश्रेष्ठ श्रेयो वीर्यं च विन्दति ॥

नरश्रेष्ठ नारद ! इसलिये साधु पुरुषोंको जन्म और बन्धनके भयको दूर करनेवाला ज्ञान ही देना चाहिये । इस [illegible] [illegible] देकर मनुष्य कल्याण और [illegible] प्राप्त करता है॥

अश्वमेधसहस्राणां सहस्रं यः समाचरेत् ।
नासौ पदमवाप्नोति मद्भक्तैर्यदवाप्यते ॥

जो दस लाख अश्वमेध-यज्ञोंका अनुष्ठान कर ले, वह भी उस पदको नहीं पा सकता, जो मेरे भक्तोंको प्राप्त हो जाता है ॥

भीष्म उवाच

एवं पृष्टः पुरा तेन नारदेन सुरर्षिणा ।
यदुवाच तदा शम्भुस्तदुक्तं तव सुव्रत ॥

भीष्मजी कहते हैं—सुव्रत ! इस प्रकार पूर्वकालमें देवर्षि नारदके पूछनेपर कल्याणमय भगवान् विष्णुने [illegible] [illegible] जो कुछ कहा था, वह सब तुम्हें बता दिया ॥

त्वमप्येकमना भूत्वा ध्याहि ध्येयं गुणातिगम् ।
भजस्व सर्वभावेन परमात्मानमव्ययम् ॥

तुम भी एकचित्त होकर उन गुणातीत परमात्माका [illegible] करो और सम्पूर्ण भक्तिभावसे उन्हीं अविनाशी परमात्मा-[illegible] भजन करो ॥

श्रुत्वैतन्नारदो वाक्यं दिव्यं नारायणेरितम् ।
अत्यन्तभक्तिमान् देवे एकान्तत्वमुपेयिवान् ॥

भगवान् नारायणका कहा हुआ यह दिव्य वचन [illegible] [illegible] भक्तिमान् देवर्षि नारद भगवान्‌के प्रति एकाग्रचित्त हो गये ॥

नारायणमृषिं देवं दशवर्षाण्यनन्यभाक् ।
इदं जपन् वै प्राप्नोति तद् विष्णोः परमं पदम्॥

जो पुरुष अनन्यभावसे दस वर्षोंतक ऋषिप्रवर नारायण-देवका ध्यान करते हुए इस मन्त्रका जप करता है, वह भगवान् विष्णुके परम पदको [illegible] कर लेता है ॥

किं [illegible] बहुभिर्मन्त्रैर्भक्तिर्यस्य जनार्दने ।
नमो नारायणायेति मन्त्रः सर्वार्थसाधकः ॥

जिसकी भगवान् जनार्दनमें भक्ति है, उसे बहुत-से मन्त्रोंद्वारा क्या [illegible] है ? 'ॐ नमो नारायणाय' यह एकमात्र मन्त्र ही सम्पूर्ण मनोरथोंकी सिद्धि करनेवाला है ॥

इमां रहस्यां परमामनुस्मृति-
मधीत्य बुद्धिं लभते [illegible] नैष्ठिकीम् ।
विहाय दुःखान्यवमुच्य सङ्कटान्
स वीतरागो विचरेन्महीमिमाम् ॥

इस परम गोपनीय अनुस्मृति विद्याका स्वाध्याय करके मनुष्य भगवान्‌के प्रति [illegible] निष्ठा रखनेवाली बुद्धि प्राप्त कर लेता है । वह सारे दुःखोंको दूर करके संकटसे मुक्त एवं वीतराग हो इस पृथ्वीपर सर्वत्र विचरण करता है ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि अन्तर्भूमिविक्रीडनं नाम नवाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २०९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें भूमिके भीतर भगवान् वाराहकी क्रीडानामक दो सौ नवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ २०९ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठके ८६½ श्लोक मिलाकर [illegible] १२२½ श्लोक हैं)

दशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

गुरु-शिष्यके संवादका उल्लेख करते हुए श्रीकृष्ण-सम्बन्धी अध्यात्मतत्त्वका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

योगं मे परमं तात मोक्षस्य वद भारत।
तमहं तत्त्वतो ज्ञातुमिच्छामि वदतां वर ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने कहा—वक्ताओंमें श्रेष्ठ तात भरतनन्दन! आप मुझे मोक्षके साधनभूत परम योगका उपदेश कीजिये। मैं उसे यथार्थरूपसे जानना चाहता हूँ ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
संवादं मोक्षसंयुक्तं शिष्यस्य गुरुणा सह ॥ २ ॥

भीष्मजी बोले—राजन्! इस विषयमें एक शिष्यका गुरुके साथ जो मोक्षसम्बन्धी संवाद हुआ था, उसी प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया जाता है ॥ २ ॥

कश्चिद् ब्राह्मणमासीनमाचार्यमृषिसत्तमम्।
तेजोराशिं महात्मानं सत्यसंधं जितेन्द्रियम् ॥ ३ ॥
शिष्यः परममेधावी श्रेयोऽर्थी सुसमाहितः।
चरणावुपसंगृह्य स्थितः प्राञ्जलिरब्रवीत् ॥ ४ ॥

किसी समयकी बात है, एक विद्वान् ब्राह्मण श्रेष्ठ आसनपर विराजमान थे। वे आचार्यकोटिके पण्डित और श्रेष्ठतम महर्षि थे। देखनेमें महान् तेजकी राशि जान पड़ते थे। बड़े महात्मा, सत्यप्रतिज्ञ और जितेन्द्रिय थे। एक दिन उनकी सेवामें कोई परम मेधावी कल्याणकामी एवं समाहितचित्त शिष्य आया (जो चिरकालतक उनकी शुश्रूषा कर चुका था), वह उनके दोनों चरणोंमें प्रणाम करके हाथ जोड़ सामने खड़ा हो इस प्रकार बोला— ॥ ३-४ ॥

उपासनात् प्रसन्नोऽसि यदि वै भगवन् मम।
संशयो मे महान् कश्चित् तन्मे व्याख्यातुमर्हसि।
कुतश्चाहं कुतश्च त्वं तत् सम्यग्ब्रूहि यत्परम् ॥ ५ ॥

'भगवन्! यदि आप मेरी सेवासे प्रसन्न हैं तो मेरे मनमें जो एक बड़ा भारी संदेह है, उसे दूर करनेकी कृपा करें—मेरे प्रश्नकी विशद व्याख्या करें। मैं इस संसारमें कहाँसे आया हूँ और आप भी कहाँसे आये हैं? यह भलीभाँति समझाकर बताइये। इसके सिवा जो परम तत्त्व है, उसका भी विवेचन कीजिये ॥ ५ ॥

कथं च सर्वभूतेषु समेषु द्विजसत्तम।
सम्यग्वृत्ता निवर्तन्ते विपरीताः क्षयोदयाः ॥ ६ ॥

'द्विजश्रेष्ठ! पृथ्वी आदि सम्पूर्ण महाभूत सर्वत्र समान हैं; सम्पूर्ण प्राणियोंके शरीर उन्हींसे निर्मित हुए हैं तो भी उनमें [illegible] और वृद्धि—ये दोनों विपरीतभाव क्यों होते हैं? ॥ ६ ॥

वेदेषु चापि यद् वाक्यं लौकिकं व्यापकं च यत्।
एतद् विद्वन् यथातत्त्वं सर्वं व्याख्यातुमर्हसि ॥ ७ ॥

'वेदों और स्मृतियोंमें भी जो लौकिक और व्यापक धर्मोंका वर्णन है, उनमें भी विषमता है। अतः विद्वन्! इन सबकी आप यथार्थरूपसे व्याख्या करें' ॥ ७ ॥

गुरुरुवाच

शृणु शिष्य महाप्राज्ञ ब्रह्मगुह्यमिदं परम्।
अध्यात्मं सर्वविद्यानामागमानां च यद्वसु ॥ ८ ॥

गुरुने कहा—वत्स! सुनो। महामते! तुमने जो बात पूछी है, वह वेदोंका उत्तम एवं गूढ रहस्य है। यही अध्यात्मतत्त्व है तथा यही समस्त विद्याओं और शास्त्रोंका सर्वस्व है ॥

वासुदेवः परमिदं विश्वस्य ब्रह्मणो मुखम्।
सत्यं ज्ञानमथो यज्ञस्तितिक्षा दम आर्जवम् ॥ ९ ॥

सम्पूर्ण वेदका मुख जो प्रणव है वह तथा [illegible] ज्ञान, यज्ञ, तितिक्षा, इन्द्रिय-संयम, सरलता और परम तत्त्व—यह [illegible] कुछ वासुदेव ही है ॥ ९ ॥

पुरुषं सनातनं विष्णुं यं तं वेदविदो विदुः।
सर्गप्रलयकर्तारमव्यक्तं [illegible] शाश्वतम् ॥ १० ॥

वेदज्ञजन उसीको सनातन पुरुष और विष्णु भी मानते हैं। वही संसारकी सृष्टि और प्रलय करनेवाला अव्यक्त एवं सनातन ब्रह्म है ॥ १० ॥

तदिदं ब्रह्म वार्ष्णेयमितिहासं शृणुष्व मे।
ब्राह्मणो ब्राह्मणैः श्राव्यो राजन्यः क्षत्रियैस्तथा ॥ ११ ॥
वैश्यो वैश्यैस्तथा श्राव्यः शूद्रः शूद्रैर्महामनाः।
माहात्म्यं देवदेवस्य विष्णोरमिततेजसः ॥ १२ ॥

वही ब्रह्म वृष्णिकुलमें श्रीकृष्णरूपमें अवतीर्ण हुआ। इस कथाको तुम मुझसे सुनो। ब्राह्मण ब्राह्मणको, क्षत्रिय क्षत्रियको, वैश्य वैश्यको तथा शूद्र महामनस्वी शूद्रको, अमित तेजस्वी देवाधिदेव विष्णुका माहात्म्य सुनावे ॥ ११-१२ ॥

अर्हस्त्वमसि कल्याणं वार्ष्णेयं शृणु यत्परम्।
कालचक्रमनाद्यन्तं भावाभावस्वलक्षणम् ॥ १३ ॥
त्रैलोक्यं सर्वभूतेशे चक्रवत्परिवर्तते।

तुम भी यह सब सुननेके योग्य अधिकारी हो; अतः भगवान् श्रीकृष्णका जो कल्याणमय उत्कृष्ट माहात्म्य है, उसे सुनो। यह जो सृष्टि-प्रलयरूप अनादि, अनन्त कालचक्र है, वह श्रीकृष्णका ही स्वरूप है। सर्वभूतेश्वर श्रीकृष्णमें ये तीनों लोक चक्रकी भाँति घूम रहे हैं ॥ १३½ ॥

यत्तदक्षरमव्यक्तममृतं ब्रह्म शाश्वतम्।
वदन्ति पुरुषव्याघ्र केशवं पुरुषर्षभम् ॥ १४ ॥

पुरुषसिंह! पुरुषोत्तम श्रीकृष्णको ही अक्षर, अव्यक्त, अमृत एवं सनातन परब्रह्म कहते हैं ॥ १४ ॥

पितॄन् देवानृषींश्चैव तथा [illegible] यक्षराक्षसान्।
नागासुरमनुष्यांश्च सृजते परमोऽव्ययः ॥ १५ ॥

ये अविनाशी परमात्मा श्रीकृष्ण ही पितर, देवता,

ऋषि, ███ ████ नाग, असुर और मनुष्य आदिकी रचना करते हैं ॥ १५ ॥

तथैव वेदशास्त्राणि लोकधर्मांश्च शाश्वतान् ।
प्रलयं प्रकृतिं प्राप्य युगादौ सृजते पुनः ॥ १६ ॥

इसी प्रकार प्रलयकाल बीतनेपर कल्पके आरम्भमें प्रकृतिका आश्रय ले भगवान् श्रीकृष्ण ही ये वेद-शास्त्र और सनातन लोक-धर्मोंको पुनः प्रकट करते हैं ॥ १६ ॥

यथर्तावृतुलिङ्गानि नानारूपाणि पर्यये ।
दृश्यन्ते तानि तान्येव तथा भावा युगादिषु ॥ १७ ॥

जैसे ऋतु-परिवर्तनके साथ ही भिन्न-भिन्न ऋतुओंके नाना प्रकारके वे ही-वे लक्षण ████ होते रहते हैं, वैसे ही प्रत्येक कल्पके आरम्भमें पूर्व कल्पोंके अनुसार तदनुरूप भावोंकी अभिव्यक्ति होती रहती है ॥ १७ ॥

अथ यद्यद् यदा भाति कालयोगाद् युगादिषु ।
तत् तदुत्पद्यते ज्ञानं लोकयात्राविधानजम् ॥ १८ ॥

काल-क्रमसे युगादिमें जब-जब जो-जो वस्तु भासित होती है, लोक-व्यवहारवश तब तब उसी उसी विषयका ज्ञान प्रकट होता रहता है ॥ १८ ॥

युगान्तेऽन्तर्हितान् वेदान् सेतिहासान् महर्षयः ।
लेभिरे तपसा पूर्वमनुज्ञाताः स्वयम्भुवा ॥ १९ ॥

कल्पके अन्तमें लुप्त हुए वेदों और इतिहासोंको कल्पके आरम्भमें स्वयम्भू ब्रह्माके आदेशसे महर्षियोंने तपस्याद्वारा सबसे पहले उपलब्ध किया था ॥ १९ ॥

वेदविद् वेद भगवान् वेदाङ्गानि बृहस्पतिः ।
भार्गवो नीतिशास्त्रं तु जगाद जगतो हितम् ॥ २० ॥

███ समय स्वयं भगवान् ब्रह्माको वेदोंका, बृहस्पतिजीको वेदाङ्गोंका और शुक्राचार्यको नीतिशास्त्रका ज्ञान हुआ तथा ███ लोगोंने जगत्के हितके लिये उन ███ विषयोंका उपदेश किया ॥ २० ॥

गान्धर्वं नारदो वेद भरद्वाजो धनुर्ग्रहम् ।
देवर्षिचरितं गार्ग्यः कृष्णात्रेयश्चिकित्सितम् ॥ २१ ॥

नारदजीको गान्धर्व वेदका, भरद्वाजको धनुर्वेदका, महर्षि गार्ग्यको देवर्षियोंके चरित्रका तथा कृष्णात्रेयको चिकित्सा-शास्त्रका ज्ञान हुआ ॥ २१ ॥

न्यायतन्त्राण्यनेकानि तैस्तैरुक्तानि वादिभिः ।
हेत्वागमसदाचारैर्यदुक्तं तदुपास्यताम् ॥ २२ ॥

तर्कशील विद्वानोंने तर्कशास्त्रके अनेक ग्रन्थोंका प्रणयन किया। उन महर्षियोंने युक्तियुक्त ████ और सदाचारके द्वारा जिस ब्रह्मका उपदेश किया है, उसीकी तुम भी उपासना करो ॥ २२ ॥

अनाद्यं तत्परं ब्रह्म न देवा नर्षयो विदुः ।
एकस्तद् वेद भगवान् ████ नारायणः प्रभुः ॥ २३ ॥

वह परब्रह्म अनादि और सबसे परे है। उसे न देवता जानते हैं न ऋषि। उसे तो एकमात्र जगत्पालक नारायण ██ जानते हैं ॥ २३ ॥

नारायणादृषिगणास्तथा मुख्याः सुरासुराः ।
राजर्षयः पुराणाश्च परमं दुःखभेषजम् ॥ २४ ॥

नारायणसे ही ऋषियों, मुख्य-मुख्य देवताओं, असुरों ███ प्राचीन राजर्षियोंने ███ ब्रह्मको जाना है; वह ██████ ही ████ दुःखोंका परम औषध है ॥ २४ ॥

पुरुषाधिष्ठितान् भावान् प्रकृतिः सूयते यदा ।
हेतुयुक्तमतः पूर्वं जगत् सम्परिवर्तते ॥ २५ ॥

पुरुषद्वारा संकल्पमें लाये गये विविध पदार्थोंकी रचना प्रकृति ही करती है। इस प्रकृतिसे सर्वप्रथम कारणसहित जगत् उत्पन्न होता है ॥ २५ ॥

दीपादन्ये यथा दीपाः प्रवर्तन्ते सहस्रशः ।
प्रकृतिः सूयते तद्वदानन्त्यान्नापचीयते ॥ २६ ॥

जैसे एक दीपकसे दूसरे सहस्रों दीप ███ लिये जाते हैं और पहले दीपकको कोई हानि नहीं होती, उसी प्रकार एक प्रकृति ही असंख्य पदार्थोंको उत्पन्न करती है और अनन्त होनेके कारण ████ क्षय नहीं होता ॥ २६ ॥

अव्यक्तकर्मजा बुद्धिरहंकारं प्रसूयते ।
आकाशं चाप्यहंकाराद् वायुराकाशसम्भवः ॥ २७ ॥

अव्यक्त प्रकृतिमें क्षोभ होनेपर जिस बुद्धि (महत्तत्त्व) की उत्पत्ति होती है, वह बुद्धि अहंकारको जन्म देती है। अहंकारसे ████ और आकाशसे वायुकी उत्पत्ति होती है ॥ २७ ॥

वायोस्तेजस्ततश्चाप अद्भ्योऽथ वसुधोद्गता ।
मूलप्रकृतयो ह्यष्टौ जगदेतास्ववस्थितम् ॥ २८ ॥

वायुसे अग्निकी, अग्निसे जलकी और जलसे पृथ्वीकी उत्पत्ति हुई है। इस प्रकार ये आठ मूल-प्रकृतियाँ बतायी गयी हैं। इन्हींमें सम्पूर्ण जगत् प्रतिष्ठित है ॥ २८ ॥

ज्ञानेन्द्रियाण्यतः ███ ███ कर्मेन्द्रियाण्यपि ।
विषयाः पञ्च चैकं ██ विकारे षोडशं ███ ॥ २९ ॥

पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच विषय और एक मन—ये सोलह विकार कहे गये हैं। (इनमें मन तो अहं-████ विकार है और अन्य पन्द्रह अपने-अपने कारणरूप ███ महाभूतोंके विकार हैं) ॥ २९ ॥

श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वा घ्राणं ज्ञानेन्द्रियाण्यथ ।
पादौ पायुरुपस्थश्च हस्तौ वाक्कर्मणी अपि ॥ ३० ॥

श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, जिह्वा और नासिका—ये पाँच ज्ञाने-न्द्रियाँ हैं। हाथ, पैर, गुदा, उपस्थ (लिङ्ग) और वाक्—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं ॥ ३० ॥

शब्दः स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धस्तथैव च ।
विज्ञेयं व्यापकं चित्तं तेषु सर्वगतं मनः ॥ ३१ ॥

शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये पाँच विषय हैं तथा इनमें व्यापक जो चित्त है, उसीको मन समझना चाहिये। मन सर्वगत कहा गया है ॥ ३१ ॥

रसज्ञाने तु जिह्वेयं व्याहृते वाक् तथोच्यते ।
इन्द्रियैर्विविधैर्युक्तं सर्वं व्यक्तं मनस्तथा ॥ ३२ ॥

रस-ज्ञानके समय मन ही यह रसना (जिह्वा) रूप हो जाता है तथा बोलनेके समय वह मन ही वागिन्द्रिय कहलाता है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न इन्द्रियोंके साथ मिलकर उन सबके रूपमें मन ही व्यक्त होता है ॥ ३२ ॥

विद्यात् तु षोडशैतानि दैवतानि विभागशः।
देहेषु ज्ञानकर्तारमुपासीनमुपासते ॥ ३३ ॥

दस इन्द्रिय, पाँच महाभूत और एक मन—ये सोलह तत्त्व इस शरीरमें विभागपूर्वक रहते हैं। इनको देवतारूप जानना चाहिये। शरीरके भीतर जो ज्ञान उत्पन्न करनेवाला परमात्मा-के निकटस्थ जीवात्मा है, उसकी ये सोलहों देवता उपासना करते हैं ॥ ३३ ॥

तद्वत् सोमगुणा जिह्वा गन्धस्तु पृथिवीगुणः।
श्रोत्रं नभोगुणं चैव चक्षुरग्नेर्गुणस्तथा।
स्पर्शं वायुगुणं विद्यात् सर्वभूतेषु सर्वदा ॥ ३४ ॥

जिह्वा जलका कार्य है, घ्राणेन्द्रिय पृथ्वीका कार्य है, श्रवणेन्द्रिय आकाशका और नेत्रेन्द्रिय अग्निका कार्य है तथा सम्पूर्ण भूतोंमें त्वचा नामकी इन्द्रियको सदा वायुका कार्य समझना चाहिये ॥ ३४ ॥

मनः सत्त्वगुणं प्राहुः सत्त्वमव्यक्तजं तथा।
सर्वभूतात्मभूतस्थं तस्माद् बुद्ध्येत बुद्धिमान्॥ ३५ ॥

मनको महत्तत्त्वका कार्य कहा है और महत्तत्त्वको अव्यक्त प्रकृतिका कार्य कहा है। अतः बुद्धिमान् पुरुषको चाहिये कि वह समस्त भूतोंके आत्मारूप परमेश्वरको समस्त प्राणियों-में स्थित जाने ॥ ३५ ॥

एते भावा जगत् सर्वं वहन्ति सचराचरम्।
श्रिता विरजसं देवं यमाहुः प्रकृतेः परम् ॥ ३६ ॥

इस प्रकार ये सम्पूर्ण पदार्थ समस्त चराचर जगत्का भार वहन करते हैं। ये सब जो प्रकृतिसे अतीत रजोगुण-रहित हैं, उन परमदेव परमात्माके आश्रित हैं ॥ ३६ ॥

नवद्वारं पुरं पुण्यमेतैर्भावैः समन्वितम्।
व्याप्य शेते महानात्मा तस्मात् पुरुष उच्यते ॥ ३७ ॥

इन्हीं चौबीस पदार्थोंसे सम्पन्न इस नौ द्वारोंवाले पवित्र पुर (शरीर) को व्याप्त करके इसमें इन सबसे जो महान् है वह आत्मा शयन करता है; इसलिये उसे 'पुरुष' कहते हैं ॥ ३७ ॥

अजरः सोऽमरश्चैव व्यक्ताव्यक्तोपदेशवान्।
व्यापकः सगुणः सूक्ष्मः सर्वभूतगुणाश्रयः ॥ ३८ ॥

वह पुरुष जरा-मरणसे रहित, व्यापक, (समस्त स्थूल-सूक्ष्म तत्त्वोंका प्रेरक, सर्वज्ञत्व आदि गुणोंसे युक्त, सूक्ष्म तथा सम्पूर्ण भूतों और उनके गुणोंका आश्रय है ॥ ३८ ॥

यथा दीपः प्रकाशात्मा ह्रस्वो वा यदि वा महान्।
ज्ञानात्मानं तथा विद्यात् पुरुषं सर्वजन्तुषु ॥ ३९ ॥

जैसे दीपक छोटा हो या बड़ा, प्रकाश-स्वरूप ही है, उसी प्रकार समस्त प्राणियोंमें स्थित जीवात्मा ज्ञानस्वरूप है, ऐसा समझे ॥ ३९ ॥

श्रोत्रं वेदयते वेद्यं स शृणोति स पश्यति।
कारणं तस्य देहोऽयं स कर्ता सर्वकर्मणाम् ॥ ४० ॥

वही श्रवणेन्द्रियको उसके ज्ञेयभूत शब्दका बोध कराता है। तात्पर्य यह कि श्रवण और नेत्रोंद्वारा वही सुनता और देखता है। यह शरीर उसके शब्द आदि विषयोंके अनुभवमें निमित्त है। वह जीवात्मा ही समस्त कर्मोंका कर्ता है ॥४०॥

अग्निर्दारुगतो यद्वद् भिन्ने दारौ न दृश्यते।
तथैवात्मा शरीरस्थो योगेनैवानुदृश्यते ॥ ४१ ॥
अग्निर्यथा ह्युपायेन मथित्वा दारु दृश्यते।
तथैवात्मा शरीरस्थो योगेनैवात्र दृश्यते ॥ ४२ ॥

जिस प्रकार अग्नि काष्ठमें व्याप्त रहनेपर भी काठके चीरनेपर भी उसमें दिखायी नहीं देती, उसी प्रकार आत्मा शरीरमें रहता है, परंतु दिखायी नहीं देता—योगसे ही उसका दर्शन होता है। जैसे मन्थन आदि उपायोंद्वारा काष्ठको मथकर उनमें अग्निको प्रत्यक्ष किया जाता है, उसी प्रकार योगके द्वारा शरीरस्थ आत्माका साक्षात्कार किया जा सकता है ॥ ४१-४२ ॥

नदीष्वापो यथा युक्ता यथा सूर्ये मरीचयः।
संततत्वाद् यथा यान्ति तथा देहाः शरीरिणाम् ॥ ४३ ॥

जैसे नदियोंमें जल रहता ही है और सूर्यमें किरणें भी रहती ही हैं तथा वे जल और किरणें नदी और सूर्यसे नित्य सम्बद्ध होनेके कारण उनके साथ-साथ जाती हैं, उसी प्रकार देहधारियोंके सूक्ष्म शरीर भी जीवात्माके साथ ही रहते हैं और उसे साथ लेकर ही आते-जाते हैं ॥ ४३ ॥

स्वप्नयोगे यथैवात्मा पञ्चेन्द्रियसमायुतः।
देहमुत्सृज्य वै याति तथैवात्मोपलभ्यते ॥ ४४ ॥

जैसे स्वप्नमें पाँच ज्ञानेन्द्रियोंसहित जीवात्मा इस शरीर-को छोड़कर अन्यत्र चला जाता है, वैसे ही मृत्युके बाद भी वह इस शरीरको छोड़कर दूसरा शरीर ग्रहण कर लेता है ॥ ४४ ॥

कर्मणा बाध्यते रूपं कर्मणा चोपलभ्यते।
कर्मणा नीयतेऽन्यत्र स्वकृतेन बलीयसा ॥ ४५ ॥

कर्मके द्वारा ही इस देहका बाध होता है; कर्मसे ही अन्य देहकी उपलब्धि होती है तथा अपने किये हुए प्रबल कर्मके द्वारा ही वह अन्य शरीरमें ले जाया जाता है ॥४५॥

स तु देहाद् यथा देहं त्यक्त्वान्यं प्रतिपद्यते।
तथान्यं सम्प्रवक्ष्यामि भूतग्रामं स्वकर्मजम् ॥ ४६ ॥

वह जीवात्मा जिस प्रकार एक शरीर छोड़कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है तथा अपने कर्मोंसे उत्पन्न हुआ प्राणि-समुदाय जिस प्रकार अन्य देह धारण करता है, वह सब मैं तुम्हें बतलाता हूँ ॥ ४६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने दशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मतत्त्वका निरूपणविषयक दो सौ दसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१० ॥

एकादशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

संसारचक्र और जीवात्माकी स्थितिका वर्णन

गुरुरुवाच

चतुर्विधानि भूतानि स्थावराणि चराणि च ।
अव्यक्तप्रभवान्याहुरव्यक्तनिधनानि च ।
अव्यक्तलक्षणं विद्यादव्यक्तात्मात्मकं मनः ॥ १ ॥

गुरुजी कहते हैं—वत्स ! जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज—ये चार प्रकारके जो स्थावर और जङ्गम प्राणी हैं, वे सब अव्यक्तसे उत्पन्न हुए बताये गये हैं और अव्यक्तमें ही उन सबका लय होता है । जिसका कोई लक्षण व्यक्त न हो उसे अव्यक्त समझना चाहिये । मन अव्यक्त प्रकृतिके समान ही त्रिगुणात्मक है ॥ १ ॥

यथाश्वत्थकणीकायामन्तर्भूतो महाद्रुमः ।
निष्पन्नो दृश्यते व्यक्तमव्यक्तात् सम्भवस्तथा ॥ २ ॥

जैसे पीपलके छोटे-से बीजमें एक विशाल वृक्ष अव्यक्त रूपसे समाया हुआ है, जो बीजके उगनेपर वृक्षरूपमें परिणत हो प्रत्यक्ष दिखायी देता है, उसी प्रकार अव्यक्तसे व्यक्त जगत्की उत्पत्ति होती है ॥ २ ॥

अभिद्रवत्ययस्कान्तमयो निश्चेतनं यथा ।
स्वभावहेतुजा भावा यद्वदन्यदपीदृशम् ॥ ३ ॥

जिस प्रकार लोहा अचेतन होनेपर भी चुम्बककी ओर खिंच जाता है, वैसे ही शरीरके उत्पन्न होनेपर प्राणीके स्वाभाविक संस्कार तथा अविद्या, काम, कर्म आदि दूसरे गुण उसकी ओर खिंच आते हैं ॥ ३ ॥

तद्वदव्यक्तजा भावाः कर्तुः कारणलक्षणाः ।
अचेतनाश्चेतयितुः कारणादभिसंहताः ॥ ४ ॥

इसी प्रकार उस अव्यक्तसे उत्पन्न हुए उपर्युक्त कारण-स्वरूप भाव अचेतन होनेपर भी चेतनकर्ताके सम्बन्धसे चेतन-से होकर जानना आदि क्रियाके हेतु बन जाते हैं ॥ ४ ॥

न भूर्न खं द्यौर्भूतानि नर्षयो न सुरासुराः ।
नान्यदासीदृते जीवमासेदुर्न तु संहतम् ॥ ५ ॥

पहले पृथ्वी, आकाश, स्वर्ग, भूतगण, ऋषिगण तथा देवता और असुरगण इनमेंसे कोई नहीं था । चेतनके सिवा दूसरी किसी वस्तुकी सत्ता ही नहीं थी । जड-चेतनका संयोग भी नहीं था ॥ ५ ॥

पूर्वं नित्यं सर्वगतं मनोहेतुमलक्षणम् ।
अज्ञानकर्म निर्दिष्टमेतत् कारणलक्षणम् ॥ ६ ॥

आत्मा सबके पहले विद्यमान था । वह नित्य, सर्वगत, मनका भी हेतु और लक्षणरहित है । यह कारणस्वरूप समस्त जगत् अज्ञानका कार्य बताया गया है ॥ ६ ॥

तत्कारणैर्हि संयुक्तं कार्यसंग्रहकारकम् ।
येनैतद् वर्तते चक्रमनादिनिधनं महत् ॥ ७ ॥

इन कारणोंसे युक्त होकर जीव कर्मोंका संग्रह करता है । कर्मोंसे वासना और वासनाओंसे पुनः कर्म होते हैं । इस प्रकार यह अनादि, अनन्त महान् संसार-चक्र चलता रहता है ॥ ७ ॥

अव्यक्तनाभं व्यक्तारं विकारपरिमण्डलम् ।
क्षेत्रज्ञाधिष्ठितं चक्रं स्निग्धाक्षं वर्तते ध्रुवम् ॥ ८ ॥

यह जन्म-मरणका प्रवाहरूप संसार चक्रके समान घूम रहा है । अव्यक्त उसकी नाभि है । व्यक्त (देह और इन्द्रिय आदि) उसके अरे हैं । सुख-दुःख, इच्छा आदि विकार इसकी नेमि हैं । आसक्ति धुरा है । यह चक्र निश्चितरूपसे घूमता रहता है । क्षेत्रज्ञ (जीवात्मा) इस चक्रपर चालक बनकर बैठा हुआ है ॥ ८ ॥

स्निग्धत्वात् तिलवत् सर्वं चक्रेऽस्मिन् पीड्यते जगत् ।
तिलपीडैरिवाक्रम्य भोगैरज्ञानसम्भवैः ॥ ९ ॥

जैसे तेली लोग तेलसे युक्त होनेके कारण तिलोंको कोल्हूमें पेरते हैं, उसी प्रकार यह सारा जगत् आसक्तिग्रस्त होनेके कारण अज्ञानजनित भोगोंद्वारा दबा-दबाकर इस संसार-चक्रमें पेरा जा रहा है ॥ ९ ॥

कर्म तत् कुरुते तर्षादहंकारपरिग्रहात् ।
कार्यकारणसंयोगे स हेतुरुपपादितः ॥ १० ॥

जीव अहङ्कारके अधीन होकर तृष्णाके कारण कर्म करता है और वह कर्म आगामी कार्य-कारण-संयोगमें हेतु बन जाता है ॥ १० ॥

नाभ्येति कारणं कार्यं न कार्यं कारणं तथा ।
कार्याणां तूपकरणे कालो भवति हेतुमान् ॥ ११ ॥

न तो कारण कार्यमें प्रवेश करता है और न कार्य कारणमें । कार्य करते समय काल ही उनकी सिद्धि और असिद्धिमें हेतु होता है ॥ ११ ॥

हेतुयुक्ताः प्रकृतयो विकाराश्च परस्परम् ।
अन्योन्यमभिवर्तन्ते पुरुषाधिष्ठिताः सदा ॥ १२ ॥

हेतुसहित आठों प्रकृतियाँ और सोलह विकार—ये पुरुषसे अधिष्ठित हो सदा एक दूसरेसे मिलते और सृष्टिका विस्तार करते हैं ॥ १२ ॥

राजसैस्तामसैर्भावैर्युक्तो हेतुबलान्वितः ।
क्षेत्रज्ञमेवानुयाति पांसुर्वातेरितो यथा ॥ १३ ॥

राजस और तामसभावोंसे युक्त हेतुबलसे प्रेरित सूक्ष्म-शरीर क्षेत्रज्ञ जीवात्माके साथ-साथ ठीक उसी तरह दूसरे स्थूल शरीरमें चला जाता है, जैसे वायुद्वारा उड़ायी हुई धूल उसीके साथ-साथ एक स्थानसे दूसरे स्थानको जाती है ॥ १३ ॥

न च तैः स्पृश्यते भावैर्न ते तेन महात्मना ।
सरजस्कोऽरजस्कश्च नैव वायुर्भवेद् यथा ॥ १४ ॥

जैसे धूलके उड़नेसे वायु न तो धूलसे लिप्त होती है और न अलिप्त ही रहती है । उसी प्रकार न तो उन राजस, [illegible] आदि भावोंसे जीवात्मा लिप्त होता है और न अलिप्त ही रहता है ॥ १४ ॥

तथैतदन्तरं विद्यात् सत्त्वक्षेत्रज्ञयोर्बुधः ।
अभ्यासात् [illegible] युक्तो [illegible] गच्छेत् प्रकृतिं पुनः ॥

अतः विवेकी पुरुषको क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका यह अन्तर जान लेना चाहिये। इन दोनोंके तादात्म्यका-सा अभ्यास हो जानेसे [illegible]व ऐसा [illegible] गया है कि उसे अपने शुद्ध स्वरूपका पता ही नहीं लगता ॥ १५ ॥

संदेहमेतमुत्पन्नमच्छिनद् भगवानृषिः ।
तथा वार्तां समीक्षेत कृतलक्षणसम्मिताम् ॥ १६ ॥

(भीष्मजी कहते हैं—) इस प्रकार उन महर्षि भगवान् गुरुदेवने शिष्यके उत्पन्न हुए इस संदेहको काट डाला। अतः विद्वान् पुरुष ऐसे उपायोंपर दृष्टि रक्खे, जो क्रिया-द्वारा उद्देश्यकी सिद्धिमें सहायक हों ॥ १६ ॥

बीजान्यग्न्युपदग्धानि न रोहन्ति यथा पुनः ।
ज्ञानदग्धैस्तथा क्लेशैर्नात्मा सम्पद्यते पुनः ॥ १७ ॥

जैसे आगमें भूने हुए बीज नहीं उगते, उसी प्रकार ज्ञानरूपी अग्निसे अविद्यादि सब क्लेशोंके दग्ध हो जानेपर जीवात्माको फिर इस संसारमें जन्म नहीं लेना पड़ता ॥ १७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने एकादशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २११ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मका कथनविषयक दो सौ ग्यारहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २११ ॥

द्वादशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

निषिद्ध आचरणके त्याग, सत्त्व, रज और तमके कार्य एवं परिणामका तथा सत्त्वगुणके सेवनका उपदेश

भीष्म उवाच

प्रवृत्तिलक्षणो धर्मो [illegible] समुपलभ्यते ।
तेषां विज्ञाननिष्ठानामन्यत्तत्त्वं न रोचते ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! कर्मनिष्ठ पुरुषोंको जिस प्रकार प्रवृत्तिधर्मकी उपलब्धि होती है—वही उन्हें अच्छा लगता है, उसी प्रकार जो ज्ञानमें निष्ठा रखनेवाले हैं, उन्हें ज्ञानके सिवा दूसरी कोई वस्तु अच्छी नहीं लगती ॥ १ ॥

दुर्लभा वेदविद्वांसो वेदोक्तेषु व्यवस्थिताः ।
प्रयोजनं महत्त्वात्तु मार्गमिच्छन्ति संस्तुतम् ॥ २ ॥

वेदोंके विद्वान् और वेदोक्त कर्मोंमें निष्ठा रखनेवाले पुरुष प्रायः दुर्लभ हैं । जो अत्यन्त बुद्धिमान् हैं, वे पुरुष वेदोक्त दोनों मार्गोंमेंसे जो अधिक महत्त्वपूर्ण होनेके कारण सबके द्वारा प्रशंसित है, उस मोक्षमार्गको ही चाहते हैं ॥ २ ॥

सद्भिराचरितत्वात्तु वृत्तमेतदगर्हितम् ।
इयं सा बुद्धिरन्येत्य यया याति परां गतिम् ॥ ३ ॥

सत्पुरुषोंने [illegible] इसी मार्गको ग्रहण किया है; [illegible] यही अनिन्द्य एवं निर्दोष है। यह वह बुद्धि है जिसके द्वारा चलकर मनुष्य परम गतिको प्राप्त कर लेता है ॥ ३ ॥

शरीरवानुपादत्ते मोहात् सर्वान् परिग्रहान् ।
क्रोधलोभादिभिर्भावैर्युक्तो राजसतामसैः ॥ ४ ॥

जो देहाभिमानी है, वह मोहवश क्रोध, लोभ आदि राजस, तामस-भावोंसे युक्त होकर सब प्रकारकी वस्तुओंके संग्रहमें [illegible] जाता है ॥ ४ ॥

नाशुद्धमाचरेत् तस्मादभीप्सन् देहयापनम् ।
कर्मणा विवरं कुर्वन्न लोकानाप्नुयाच्छुभान् ॥ ५ ॥

अतः जो देह-बन्धनसे मुक्त होना चाहता हो, उसे कभी अशुद्ध (अवैध) आचरण नहीं करना चाहिये। वह निष्काम कर्मद्वारा मोक्षका द्वार खोले और स्वर्ग आदि पुण्यलोक पानेकी कदापि इच्छा न करे ॥ ५ ॥

लोहयुक्तं [illegible] हेम विपक्वं न विराजते ।
तथापक्वकषायाख्यं विज्ञानं न प्रकाशते ॥ ६ ॥

जैसे लोहयुक्त सुवर्ण आगमें पकाकर शुद्ध किये बिना अपने स्वरूपसे प्रकाशित नहीं होता, उसी प्रकार चित्तके राग आदि दोषोंका नाश हुए बिना उसमें ज्ञानस्वरूप आत्मा प्रकाशित नहीं होता है ॥ ६ ॥

यश्चाधर्मं चरेल्लोभात् कामक्रोधावनुप्लवन् ।
धर्म्यं पन्थानमाक्रम्य सानुबन्धो विनश्यति ॥ ७ ॥

जो लोभवश काम-क्रोधका अनुसरण करते हुए धर्म-मार्गका उल्लङ्घन करके अधर्मका आचरण करने लगता है, वह सगे-सम्बन्धियोंसहित [illegible] हो जाता है ॥ ७ ॥

शब्दादीन् विषयांस्तस्मान्न संरागादयं व्रजेत्।
क्रोधो हर्षो विषादश्च जायन्तेह परस्परात् ॥ ८ ॥

अपने कल्याणकी इच्छा रखनेवाले पुरुषको कभी रागके वशमें होकर शब्द आदि विषयोंका सेवन नहीं करना चाहिये; क्योंकि वैसा करनेपर हर्ष, क्रोध और विषाद—इन सात्त्विक, [illegible] और तामस-भावोंकी एक दूसरेसे उत्पत्ति होती है ॥

पञ्चभूतात्मके देहे सत्त्वे राजसतामसे।
कमभिष्टुवते चायं [illegible] वाऽऽक्रोशति किं वदन् ॥ ९ ॥

यह शरीर पाँच भूतोंका विकार है और सत्त्व, रज एवं तम—तीन गुणोंसे युक्त है। इसमें रहकर यह निर्विकार आत्मा [illegible] किसकी निन्दा और किसकी स्तुति करे ॥ ९ ॥

स्पर्शरूपरसाद्येषु सङ्गं गच्छन्ति बालिशाः।
नावगच्छन्त्यविज्ञानादात्मानं पार्थिवं गुणम् ॥ १० ॥

अज्ञानी पुरुष स्पर्श, रूप और रस आदि विषयोंमें आसक्त होते [illegible]। वे विशिष्ट ज्ञानसे रहित होनेके कारण [illegible] नहीं जानते हैं कि यह शरीर पृथ्वीका विकार है ॥ १० ॥

मृन्मयं शरणं यद्वन्मृदैव परिलिप्यते।
पार्थिवोऽयं [illegible] देहो मृद्विकारान्न नश्यति ॥ ११ ॥

जैसे मिट्टीका घर मिट्टीसे ही लीपा [illegible] है तो सुरक्षित रहता है, उसी प्रकार यह पार्थिव शरीर पृथ्वीके ही विकार-भूत अन्न और जलके सेवनसे ही नष्ट नहीं होता है ॥ ११ ॥

मधु तैलं [illegible] सर्पिर्मांसानि लवणं गुडः।
धान्यानि फलमूलानि मृद्विकाराः सहाम्भसा ॥ १२ ॥

मधु, तेल, दूध, घी, मांस, लवण, गुड़, धान्य, फल-मूल और जल—ये सभी पृथ्वीके ही विकार हैं ॥ १२ ॥

यद्वत् कान्तारमातिष्ठन्नौत्सुक्यं समनुव्रजेत्।
ग्राम्यमाहारमादद्यादस्वाद्वपि हि यापनम् ॥ १३ ॥

तद्वत् संसारकान्तारमातिष्ठञ्श्रमतत्परः।
यात्रार्थमद्यादाहारं व्याधितो भेषजं यथा ॥ १४ ॥

जैसे वनमें रहनेवाला संन्यासी स्वादिष्ट [illegible] (मिठाई आदि) के लिये उत्सुक नहीं होता। वह शरीर-निर्वाहके लिये स्वाधीन रूखा सूखा ग्रामीण आहार भी [illegible] कर लेता है, उसी प्रकार संसाररूपी वनमें रहनेवाला गृहस्थ परिश्रममें [illegible] हो जीवन निर्वाहमात्रके लिये शुद्ध सात्त्विक आहार ग्रहण करे। ठीक उसी तरह, जैसे रोगी जीवनरक्षाके लिये औषध सेवन करता है ॥ १३-१४ ॥

सत्यशौचार्जवत्यागैर्वर्चसा विक्रमेण च।
क्षान्त्या धृत्या च बुद्ध्या च मनसा तपसैव च ॥ १५ ॥
भावान् सर्वानुपावृत्तान् समीक्ष्य विषयात्मकान्।
शान्तिमिच्छन्नदीनात्मा संयच्छेदिन्द्रियाणि च ॥ १६ ॥

उदारचित्त पुरुष सत्य, शौच, सरलता, त्याग, तेज, पराक्रम, क्षमा, धैर्य, बुद्धि, मन और तपके प्रभावसे [illegible] विषयात्मक भावोंपर आलोचनात्मक दृष्टि रखते हुए शान्तिकी इच्छासे अपनी इन्द्रियोंको संयममें रक्खे ॥ १५-१६ ॥

सत्त्वेन [illegible] चैव तमसा चैव मोहिताः।
चक्रवत् परिवर्तन्ते ह्यज्ञानाज्जन्तवो भृशम् ॥ १७ ॥

अजितेन्द्रिय जीव [illegible] सत्त्व, रज और तमसे मोहित हो निरन्तर चक्रकी तरह घूमते रहते हैं ॥ १७ ॥

तस्मात् सम्यक् परीक्षेत दोषानज्ञानसम्भवान्।
अज्ञानप्रभवं दुःखमहंकारं परित्यजेत् ॥ १८ ॥

अतः विवेकी पुरुषको चाहिये कि वह अज्ञानजनित दोषोंकी भलीभाँति परीक्षा करे तथा उस अज्ञानसे उत्पन्न हुए दुःख और अहंकारको त्याग दे ॥ १८ ॥

महाभूतानीन्द्रियाणि गुणाः सत्त्वं रजस्तमः।
त्रैलोक्यं सेश्वरं सर्वमहंकारे प्रतिष्ठितम् ॥ १९ ॥

पञ्चमहाभूत, इन्द्रियाँ, शब्द आदि गुण, सत्त्व, रज और [illegible] तथा लोकपालोंसहित तीनों लोक—यह सब कुछ अहंकारमें [illegible] प्रतिष्ठित है ॥ १९ ॥

यथेह नियतः कालो दर्शयत्यार्तवान् गुणान्।
तद्वद्भूतेष्वहंकारं विद्यात् कर्मप्रवर्तकम् ॥ २० ॥

जैसे इस जगत्में नियत [illegible] यथासमय ऋतु-सम्बन्धी गुणोंको प्रकट कर दिखाता है, उसी प्रकार समस्त प्राणियोंमें अहंकारको ही उनके कर्मोंका प्रवर्तक जानना चाहिये ॥

सम्मोहकं तमो विद्यात् कृष्णमज्ञानसम्भवम्।
प्रीतिदुःखनिबद्धांश्च समस्तांस्त्रीनथो गुणान् ॥ २१ ॥

अहंकार सात्त्विक, [illegible] और तामस तीन प्रकारका होता है। तमोगुण मोहमें डालनेवाला तथा अन्धकारके समान [illegible] है। उसे अज्ञानसे उत्पन्न हुआ समझना चाहिये। प्रीति उत्पन्न करनेवाले भाव सात्त्विक हैं और दुःख देनेवाले [illegible]। इस प्रकार इन समस्त त्रिविध गुणोंका स्वरूप जानना चाहिये ॥ २१ ॥

[illegible] रजसश्चैव [illegible] निबोध तान्।
प्रसादो हर्षजा प्रीतिरसंदेहो धृतिः स्मृतिः।
एतान् सत्त्वगुणान् विद्यादिमान् राजसतामसान् २२
कामक्रोधौ प्रमादश्च लोभमोहौ भयं क्लमः।
विषादशोकावरतिर्मानदर्पावनार्यता ॥ २३ ॥

अब [illegible] तुम्हें सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुणके कार्य बताता हूँ, सुनो। प्रसन्नता, हर्षजनित प्रीति, संदेहका अभाव, धैर्य और स्मृति—इन सबको सत्त्वगुणके कार्य समझो। काम, क्रोध, प्रमाद, लोभ, मोह, भय, क्लान्ति, विषाद, शोक, अप्रसन्नता, मान, दर्प और अनार्यता—इन्हें रजोगुण और तमोगुणके कार्य समझना चाहिये ॥ २२-२३ ॥

दोषाणामेवमादीनां परीक्ष्य गुरुलाघवम्।
विमृशेदात्मसंस्थानमेकैकमनुसंततम् ॥ २४ ॥

इनके तथा ऐसे ही दूसरे दोषोंके बड़े-छोटेका विचार करके फिर इस बातकी परीक्षा करे कि इनमेंसे एक-एक दोष मुझमें है या नहीं। यदि है तो कितनी मात्रामें है (इस तरह विचार करते हुए सभी दोषोंसे छूटनेका [illegible] करे) ॥ २४ ॥

युधिष्ठिर उवाच

के दोषा मनसा त्यक्ताः के बुद्ध्या शिथिलीकृताः।
के पुनः पुनरायान्ति के मोहादफला इव ॥ २५ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! पूर्वकालके मुमुक्षुओंने किन-किन दोषोंका मनके द्वारा त्याग किया है और किन्हें बुद्धिके द्वारा शिथिल किया है ? कौन दोष बारंबार आते हैं और कौन मोहवश फल देनेमें असमर्थ-से प्रतीत होते हैं ? ॥

केषां बलाबलं बुद्ध्या हेतुभिर्विमृशेद् बुधः।
एष मे संशयस्तात तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ २६ ॥

विद्वान् पुरुष अपनी बुद्धि तथा युक्तियोंद्वारा किन दोषोंके बलाबलका विचार करे ? [illegible] ! पितामह ! यह मेरा [illegible] है। आप मुझसे इसका विवेचन कीजिये ॥ २६ ॥

भीष्म उवाच

दोषैर्मूलादवच्छिन्नैर्विशुद्धात्मा विमुच्यते।
विनाशयति सम्भूतमयस्मयमयो यथा।
तथा कृतात्मा सहजैर्दोषैर्नश्यति तामसैः ॥ २७ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! इन दोषोंका मूल [illegible] है [illegible]। अतः मूलसहित इन दोषोंका नाश हो जानेपर मनुष्यका अन्तःकरण विशुद्ध होता है और वह संसार-बन्धनसे [illegible] हो जाता है। जैसे लोहेकी बनी हुई छेनीकी धार लोहमयी साँकलको काटकर स्वयं भी नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार [illegible] हुई बुद्धि तमोगुणजनित सहज दोषोंको नष्ट करके उनके साथ ही स्वयं भी शान्त हो जाती है ॥ २७ ॥

राजसं तामसं चैव शुद्धात्मकमकल्मषम्।
तत् सर्वं देहिनां बीजं सत्त्वमात्मवतः समम् ॥ २८ ॥

यद्यपि रजोगुण, तमोगुण तथा काम, मोह आदि दोषोंसे रहित शुद्ध सत्त्वगुण—ये तीनों ही देहधारियोंकी देहकी उत्पत्तिके मूल कारण हैं, तथापि जिसने अपने मनको वशमें कर लिया है, उस पुरुषके लिये सत्त्वगुण ही समताका साधन है ॥ २८ ॥

तस्मादात्मवता वर्ज्यं [illegible] एव च।
रजस्तमोभ्यां निर्मुक्तं सत्त्वं निर्मलतामियात् ॥ २९ ॥

अतः जितात्मा पुरुषको रजोगुण और तमोगुणका त्याग ही करना चाहिये। इन दोनोंसे छूट जानेपर बुद्धि निर्मल हो जाती है ॥ २९ ॥

अथवा मन्त्रवद् ब्रूयुरात्मादानाय दुष्कृतम्।
[illegible] वै हेतुरनादाने शुद्धधर्मानुपालने ॥ ३० ॥

अथवा बुद्धिको वशमें करनेके लिये शास्त्रविहित मन्त्रयुक्त यज्ञादि कर्मको कुछ लोग दोषयुक्त बताते हैं; परंतु वह मन्त्रयुक्त यज्ञादि धर्म भी निष्कामभावसे किये जानेपर वैराग्यका हेतु है तथा [illegible] धर्म—शम, दम आदिके निरन्तर पालनमें भी वही निमित्त बनता है ॥ ३० ॥

रजसाधर्मयुक्तानि कार्याण्यपि समाप्नुते।
अर्थयुक्तानि चात्यर्थं कामान् सर्वांश्च सेवते ॥ ३१ ॥

मनुष्य रजोगुणके अधीन होनेपर उसके द्वारा भाँति-भाँतिके अधर्मयुक्त एवं अर्थयुक्त कर्म करने लगता है तथा वह सम्पूर्ण भोगोंका अत्यन्त आसक्तिपूर्वक सेवन करता है ॥ ३१ ॥

तमसा लोभयुक्तानि क्रोधजानि च सेवते।
हिंसाविहाराभिरतस्तन्द्रीनिद्रासमन्वितः ॥ ३२ ॥

तमोगुणद्वारा मनुष्य लोभ और क्रोधजनित कर्मोंका सेवन करता है, हिंसात्मक कर्मोंमें उसकी विशेष आसक्ति हो जाती है तथा वह हर [illegible] निद्रा-तन्द्रासे घिरा रहता है ॥ ३२ ॥

सत्त्वस्थः सात्त्विकान् भावाञ्छुद्धान् पश्यति संश्रितः।
स देही विमलः श्रीमाञ्छ्रद्धाविद्यासमन्वितः ॥ ३३ ॥

सत्त्वगुणमें स्थित हुआ पुरुष शुद्ध सात्त्विक भावोंको ही देखता और उन्हींका आश्रय लेता है। वह अत्यन्त निर्मल और कान्तिमान् होता है। उसमें श्रद्धा और विद्याकी प्रधानता होती है ॥ ३३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने द्वादशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मकथनविषयक दो सौ बारहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१२ ॥

त्रयोदशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

जीवोत्पत्तिका वर्णन करते हुए दोषों और बन्धनोंसे मुक्त होनेके लिये विषयासक्तिके त्यागका उपदेश

भीष्म उवाच

रजसा साध्यते मोहस्तमसा भरतर्षभ।
क्रोधलोभौ भयं दर्प एतेषां सादनाच्छुचिः ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—भरतश्रेष्ठ ! रजोगुण और तमोगुणसे मोहकी उत्पत्ति होती है तथा उससे क्रोध, लोभ, भय एवं दर्प उत्पन्न होते हैं; इन सबका नाश करनेसे ही मनुष्य [illegible] होता है ॥ [illegible] ॥

परमं परमात्मानं देवमक्षयमव्ययम्।
विष्णुमव्यक्तसंस्थानं विदुस्तं देवसत्तमम् ॥ २ ॥

ऐसे शुद्धात्मा पुरुष ही उन अक्षय, अविनाशी, परमदेव, अव्यक्तस्वरूप, देवप्रवर परमात्मा विष्णुका तत्त्व जान पाते हैं ॥ २ ॥

तस्य मायापिनद्धाङ्गा नष्टज्ञाना विचेतसः।
मानवा ज्ञानसम्मोहात् ततः क्रोधं प्रयान्ति वै ॥ ३ ॥

उसी ईश्वरकी मायासे आवृत हो जानेपर मनुष्योंके ज्ञान और विवेकका नाश हो जाता है तथा वे बुद्धिके व्यामोहसे क्रोधके वशीभूत हो जाते हैं ॥ ३ ॥

क्रोधात् काममवाप्याथ लोभमोहौ च [illegible] ।
मानदर्पावहङ्कारमहङ्कारात् [illegible] क्रियाः ॥ ४ ॥

क्रोधसे काम उत्पन्न होता है और फिर कामसे मनुष्य लोभ, मोह, मान, दर्प एवं अहङ्कारको [illegible] होते हैं। तत्पश्चात् अहङ्कारसे प्रेरित होकर ही उनकी सारी क्रियाएँ होने लगती हैं ॥ ४ ॥

क्रियाभिः स्नेहसम्बन्धात्स्नेहाच्छोकमनन्तरम् ।
सुखदुःखक्रियारम्भाज्जन्माजन्मकृतक्षणाः ॥ ५ ॥

ऐसी क्रियाओंद्वारा मनुष्य आसक्तिसे युक्त हो जाता है। आसक्तिसे शोक होता है। फिर सुख-दुःखयुक्त कार्य आरम्भ करनेसे मनुष्यको जन्म और मृत्युके कष्ट स्वीकार करने पड़ते हैं ॥ ५ ॥

जन्मतो गर्भवासं तु शुक्रशोणितसम्भवम् ।
पुरीषमूत्रविक्लेदं शोणितप्रभवाविलम् ॥ ६ ॥

जन्मके निमित्तसे गर्भवासका कष्ट भोगना पड़ता है। रज और वीर्यके परस्पर संयुक्त होनेपर गर्भवासका अवसर [illegible] है, जहाँ मल और मूत्रसे भीगे तथा रक्तके विकारसे मलिन स्थानमें रहना पड़ता है ॥ ६ ॥

तृष्णाभिभूतस्तैर्बद्धस्तानेवाभिपरिप्लवन् ।
संसारतन्त्रवाहिन्यस्तत्र बुद्ध्येत योषितः ॥ ७ ॥

तृष्णासे अभिभूत तथा काम, क्रोध आदि दोषोंसे [illegible] होकर उन्हींका अनुसरण करता हुआ मनुष्य (महान् दुःख उठाता रहता है। यदि उनसे छूटनेकी इच्छा हो तो) स्त्रियोंको संसाररूपी वस्त्रको बुननेवाली तन्तुवाहिनी समझे और उनसे दूर रहे ॥ ७ ॥

प्रकृत्या क्षेत्रभूतास्ता नराः क्षेत्रज्ञलक्षणाः ।
तस्मादेवाविशेषेण नरोऽतीयाद् विशेषतः ॥ ८ ॥

स्त्रियाँ प्रकृतिके तुल्य हैं; अतः क्षेत्रस्वरूपा हैं और पुरुष क्षेत्रज्ञरूप हैं (जैसे प्रकृति अज्ञानी पुरुषको बाँधती है, उसी प्रकार ये स्त्रियाँ पुरुषोंको अपने मोहजालमें बाँध लेती हैं), इसलिये सामान्यतः प्रत्येक पुरुषको विशेष प्रयत्नपूर्वक स्त्रीके संसर्गसे दूर रहना चाहिये ॥ ८ ॥

कृत्या ह्येता घोररूपा मोहयन्त्यविचक्षणान् ।
रजस्यन्तर्हिता मूर्तिरिन्द्रियाणां सनातनी ॥ ९ ॥

ये स्त्रियाँ भयानक कृत्याके समान हैं; अतः अज्ञानी मनुष्योंको मोहमें डाल देती हैं। इन्द्रियोंमें विकार उत्पन्न करनेवाली यह सनातन नारीमूर्ति रजोगुणसे तिरोहित है ॥ ९ ॥

तस्मात् तदात्मकाद् रागाद् बीजाज्जायन्ति जन्तवः ।
स्वदेहजानस्वसंज्ञान् यद्वदङ्गात् कृमींस्त्यजेत् ।
स्वसंज्ञानस्वकांस्तद्वत् सुतसंज्ञान् कृमींस्त्यजेत् ॥ १० ॥

अतः स्त्रीसम्बन्धी अनुरागके कारण पुरुषके वीर्यसे जीवोंकी उत्पत्ति होती है, जैसे मनुष्य अपनी ही देहसे उत्पन्न हुए जूँ और लीख आदि स्वेदज कीटोंको अपना न मानकर त्याग देता है, उसी प्रकार अपने कहलानेवाले जो अनात्मा पुत्रनामधारी कीट हैं, उन्हें भी त्याग देना चाहिये ॥ १० ॥

शुक्रतो रसतश्चैव देहाज्जायन्ति जन्तवः ।
स्वभावात् कर्मयोगाद् वा तानुपेक्षेत बुद्धिमान् ॥ ११ ॥

इस शरीरसे वीर्यद्वारा अथवा पसीनोंद्वारा स्वभावसे अथवा प्रारब्धके अनुसार जन्तुओंका जन्म होता रहता है। बुद्धिमान् पुरुषोंको उनकी उपेक्षा करनी चाहिये ॥ ११ ॥

रजस्तमसि पर्यस्तं सत्त्वं च रजसि स्थितम् ।
ज्ञानाधिष्ठानमव्यक्तं बुद्ध्यहङ्कारलक्षणम् ॥ १२ ॥

तमोगुणमें स्थित रजोगुण तथा रजोगुणमें स्थित सत्त्वगुण जब रजोगुण तमोगुणमें स्थित हो जाता है और सत्त्वगुण रजोगुणमें स्थित हो जाता है, तब ज्ञानका अधिष्ठानभूत अव्यक्त आत्मा बुद्धि और अहङ्कारसे युक्त हो जाता है ॥ १२ ॥

तद् बीजं देहिनामाहुस्तद् बीजं जीवसंज्ञितम् ।
कर्मणा कालयुक्तेन संसारपरिवर्तनम् ॥ १३ ॥

वह अव्यक्त आत्मा ही देहधारी प्राणियोंका बीज है और वह बीजभूत आत्मा ही गुणोंके सङ्गके कारण जीव कहलाता है। वही कालसे युक्त कर्मसे प्रेरित हो संसार-चक्रमें घूमता रहता है ॥ १३ ॥

रमत्ययं यथा स्वप्ने [illegible] देहवानिव ।
कर्मगर्भैर्गुणैर्देही गर्भे तदुपलभ्यते ॥ १४ ॥

जैसे स्वप्नावस्थामें यह जीव मनके द्वारा ही दूसरा शरीर धारण करके क्रीडा करता है, उसी प्रकार वह कर्मगर्भित गुणोंद्वारा गर्भमें उपलब्ध होता है ॥ १४ ॥

कर्मणा बीजभूतेन चोद्यते यद् यदिन्द्रियम् ।
जायते तदहङ्काराद् रागयुक्तेन चेतसा ॥ १५ ॥

बीजभूत कर्मसे जिस-जिस इन्द्रियको उत्पत्तिके लिये प्रेरणा प्राप्त होती है, रागयुक्त चित्त एवं अहङ्कारसे वही-वही इन्द्रिय [illegible] हो जाती है ॥ १५ ॥

शब्दरागाच्छ्रोत्रमस्य जायते भावितात्मनः ।
रूपरागात् तथा चक्षुर्घ्राणं गन्धचिकीर्षया ॥ १६ ॥

शब्दके प्रति राग होनेसे उस भावितात्मा पुरुषकी श्रवणेन्द्रिय प्रकट होती है। रूपके प्रति राग होनेसे नेत्र और गन्ध ग्रहण करनेकी इच्छा होनेसे नासिकाका प्राकट्य होता है ॥ १६ ॥

स्पर्शने त्वक् तथा वायुः प्राणापानव्यपाश्रयः ।
व्यानोदानौ समानश्च पञ्चधा देहयापनम् ॥ १७ ॥

स्पर्शके प्रति राग होनेसे त्वगिन्द्रिय और वायुका प्राकट्य होता है। वायु प्राण और अपानका आश्रय है। वही उदान, व्यान तथा समान है। इस प्रकार वह पाँच रूपोंमें प्रकट हो शरीर-यात्राका निर्वाह करती है ॥ १७ ॥

संजातैर्जायते गात्रैः कर्मजैर्ब्रह्मणा वृतः ।
दुःखाद्यन्तैर्दुःखमध्यैर्नरः शारीरमानसैः ॥ १८ ॥

मनुष्य जन्मकालमें पूर्णतः उत्पन्न हुए कर्मजनित अङ्गों और सम्पूर्ण शरीरसे युक्त होकर जन्म ग्रहण करता है । वह मनुष्य आदि, मध्य और अन्तमें भी शारीरिक और मानसिक दुःखोंसे पीड़ित रहता है ॥ १८ ॥

दुःखं विद्यादुपादानादभिमानाच्च वर्धते ।
त्यागात् तेभ्यो निरोधः स्यान्निरोधज्ञो विमुच्यते ॥ १९ ॥

शरीरके ग्रहणमात्रसे दुःखकी प्राप्ति निश्चित समझनी चाहिये । शरीरमें अभिमान करनेसे [illegible] दुःखकी वृद्धि होती है । अभिमानके त्यागसे उन दुःखोंका अन्त होता है । जो दुःखोंके अन्त होनेकी इस कलाको जानता है, वह मुक्त हो जाता है ॥ १९ ॥

इन्द्रियाणां रजस्येव प्रलयप्रभवावुभौ ।
परीक्ष्य संचरेद् विद्वान् यथावच्छास्त्रचक्षुषा ॥ २० ॥

इन्द्रियोंकी उत्पत्ति और लय—ये दोनों कार्य रजोगुणमें ही होते हैं । विद्वान् पुरुष शास्त्रदृष्टिसे इन बातोंकी भलीभाँति परीक्षा करके यथोचित आचरण करे ॥ २० ॥

ज्ञानेन्द्रियाणीन्द्रियार्थान्नोपसर्पन्त्यतर्षुलम् ।
हीनैश्च करणैर्देही न देहं पुनरर्हति ॥ २१ ॥

जिसमें तृष्णाका अभाव है, उस पुरुषको वे ज्ञानेन्द्रियाँ विषयोंकी प्राप्ति नहीं करातीं । इन्द्रियोंके विषयासक्तिसे रहित हो जानेपर देही पुनः शरीरको धारण नहीं करता ॥ २१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने त्रयोदशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मका कथनविषयक दो सौ तेरहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१३ ॥

चतुर्दशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

ब्रह्मचर्य [illegible] वैराग्यसे मुक्ति

भीष्म उवाच

अत्रोपायं प्रवक्ष्यामि यथावच्छास्त्रचक्षुषा ।
तत्त्वज्ञानाच्चरन् राजन् प्राप्नुयात्परमां गतिम् ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! अब मैं तुम्हें शास्त्र-दृष्टिसे मोक्षका यथावत् उपाय बताता हूँ । शास्त्रविहित कर्मोंका निष्कामभावसे आचरण करता हुआ मनुष्य तत्त्वज्ञानसे परमगतिको प्राप्त कर लेता है ॥ १ ॥

सर्वेषामेव भूतानां पुरुषः श्रेष्ठ उच्यते ।
पुरुषेभ्यो द्विजानाहुर्द्विजेभ्यो मन्त्रदर्शिनः ॥ २ ॥

समस्त प्राणियोंमें मनुष्य श्रेष्ठ कहलाता है । मनुष्योंमें द्विजोंको और द्विजोंमें भी मन्त्रद्रष्टा (वेदज्ञ) ब्राह्मणोंको श्रेष्ठ बताया गया है ॥ २ ॥

सर्वभूतात्मभूतास्ते सर्वज्ञाः सर्वदर्शिनः ।
ब्राह्मणा वेदशास्त्रज्ञास्तत्त्वार्थगतनिश्चयाः ॥ ३ ॥

वेद-शास्त्रोंके यथार्थ ज्ञाता ब्राह्मण समस्त भूतोंके आत्मा, सर्वज्ञ और सर्वदर्शी होते हैं । उन्हें परमार्थतत्त्वका पूर्ण निश्चय होता है ॥ ३ ॥

नेत्रहीनो यथा ह्येकः कृच्छ्राणि लभतेऽध्वनि ।
ज्ञानहीनस्तथा लोके तस्माज्ज्ञानविदोऽधिकाः ॥ [illegible] ॥

जैसे नेत्रहीन पुरुष मार्गमें अकेला होनेपर तरह-तरहके दुःख पाता है, उसी प्रकार संसारमें ज्ञानहीन मनुष्यको भी अनेक प्रकारके कष्ट भोगने पड़ते हैं; इसलिये ज्ञानी पुरुष ही सबसे श्रेष्ठ है ॥ ४ ॥

तांस्तानुपासते धर्मान् धर्मकामा यथागमम् ।
न त्वेषामर्थसामान्यमन्तरेण गुणानिमान् ॥ ५ ॥

धर्मकी इच्छा रखनेवाले मनुष्य शास्त्रके अनुसार उन-उन यज्ञादि सकाम धर्मोंका अनुष्ठान करते हैं; किंतु आगे बताये जानेवाले गुणोंके बिना इन्हें सबके लिये समानरूपसे अभीष्ट मोक्ष नामक पुरुषार्थकी प्राप्ति नहीं होती ॥ ५ ॥

वाग्देहमनसां शौचं क्षमा सत्यं धृतिः स्मृतिः ।
सर्वधर्मेषु धर्मज्ञा ज्ञापयन्ति गुणाञ्छुभान् ॥ ६ ॥

वाणी, शरीर और मनकी पवित्रता, क्षमा, सत्य, धैर्य और स्मृति—इन गुणोंको प्रायः सभी धर्मोंके धर्मज्ञ पुरुष कल्याणकारी बताते हैं ॥ ६ ॥

यदिदं ब्रह्मणो रूपं ब्रह्मचर्यमिति स्मृतम् ।
परं तत् सर्वधर्मेभ्यस्तेन यान्ति परां गतिम् ॥ ७ ॥

यह जो ब्रह्मचर्य नामक गुण है, इसे तो शास्त्रोंमें ब्रह्मका स्वरूप ही बताया गया है । यह [illegible] धर्मोंसे श्रेष्ठ है । ब्रह्मचर्यके पालनसे मनुष्य परमपदको प्राप्त कर लेते हैं ॥ ७ ॥

लिङ्गसंयोगहीनं यच्छब्दस्पर्शविवर्जितम् ।
श्रोत्रेण श्रवणं चैव चक्षुषा [illegible] दर्शनम् ॥ ८ ॥
वाक्सम्भाषाप्रवृत्तं यत् तन्मनःपरिवर्जितम् ।
बुद्ध्या चाध्यवसीयीत ब्रह्मचर्यमकल्मषम् ॥ ९ ॥

वह परमपद पाँच प्राण, मन, बुद्धि और दसों इन्द्रियोंके संघातरूप शरीरके संयोगसे शून्य है, शब्द और स्पर्शसे रहित है । जो कानसे सुनता नहीं, आँखसे देखता नहीं और वाणीद्वारा कुछ बोलता नहीं है तथा जो मनसे भी रहित है, वही वह परमपद या [illegible] है । मनुष्य बुद्धिके द्वारा उसका निश्चय करे और उसकी प्राप्तिके लिये निष्कलङ्क ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करे ॥ ८-९ ॥

सम्यग्वृत्तिर्ब्रह्मलोकं प्राप्नुयान्मध्यमः सुरान्।
द्विजाग्र्यो जायते विद्वान् कन्यसीं वृत्तिमास्थितः॥१०॥

जो मनुष्य इस व्रतका अच्छी तरह पालन करता है, वह ब्रह्मलोक प्राप्त कर लेता है। मध्यम श्रेणीके ब्रह्मचारीको देवताओंका लोक प्राप्त होता है और कनिष्ठ श्रेणीका विद्वान् ब्रह्मचारी श्रेष्ठ ब्राह्मणके रूपमें जन्म लेता है ॥ १० ॥

सुदुष्करं ब्रह्मचर्यमुपायं तत्र मे शृणु।
सम्प्रदीप्तमुदीर्णं च निगृह्णीयाद् द्विजो रजः ॥ ११ ॥

ब्रह्मचर्यका पालन अत्यन्त कठिन है। उसके लिये जो उपाय है, वह मुझसे सुनो। ब्राह्मणको चाहिये कि जब रजोगुणकी वृत्ति प्रकट होने और बढ़ने लगे तो उसे रोक दे ॥

योषितां न कथा श्राव्या न निरीक्ष्या निरम्बराः।
कथञ्चिद् दर्शनादासां दुर्बलानां विशेद्रजः ॥ १२ ॥

स्त्रियोंकी चर्चा न सुने। उन्हें नंगी अवस्थामें न देखे; क्योंकि यदि किसी प्रकार नग्नावस्थाओंमें उनपर दृष्टि चली जाती है तो दुर्बल हृदयवाले पुरुषोंके मनमें रजोगुण—राग या कामभावका प्रवेश हो जाता है ॥ १२ ॥

रागोत्पन्नश्चरेत् कृच्छ्रं महार्तिः प्रविशेदपः।
मग्नः स्वप्ने च मनसा त्रिर्जपेदघमर्षणम् ॥ १३ ॥

ब्रह्मचारीके मनमें यदि राग या काम-विकार [illegible] हो जाय तो वह आत्मशुद्धिके लिये कृच्छ्र[1]व्रतका आचरण करे। यदि वीर्यकी वृद्धि होनेसे उसे कामवेदना अधिक सता रही हो तो वह नदी या सरोवरके जलमें प्रवेश करके स्नान करे। यदि स्वप्नावस्थामें वीर्यपात हो जाय तो जलमें गोता लगाकर मन-ही-मन तीन बार अघमर्षण सूक्त[2]का जप करे ॥

पाप्मानं निर्दहेदेवमन्तर्भूतरजोमयम्।
ज्ञानयुक्तेन [illegible] संततेन विचक्षणः ॥ १४ ॥

विवेकी पुरुषको इस प्रकार ज्ञानयुक्त एवं संयमशील मनके द्वारा अपने अन्तःकरणमें प्रकट हुए पापमय काम-विकारको दग्ध [illegible] देना चाहिये ॥ १४ ॥

कुणपामेध्यसंयुक्तं यद्वदच्छिद्रबन्धनम्।
तद्वद् देहगतं विद्यादात्मानं देहबन्धनम् ॥ १५ ॥

मुर्देके समान अपवित्र एवं मलयुक्त नाड़ियाँ जिस प्रकार देहके भीतर दृढ़तापूर्वक बँधी हुई हैं, उसी प्रकार (अज्ञानसे) उसके भीतर जीवात्मा भी दृढ़ बन्धनमें बँधा हुआ है, ऐसा [illegible] चाहिये ॥ १५ ॥

वातपित्तकफान् रक्तं त्वङ्मांसं स्नायुमस्थि च।
मज्जां देहं शिराजालैस्तर्पयन्ति रसा नृणाम् ॥ १६ ॥

भोजनसे प्राप्त हुए रस नाड़ीसमूहोंद्वारा सञ्चरित होकर मनुष्योंके वात, पित्त, कफ, रक्त, त्वचा, मांस, स्नायु, अस्थि, चर्बी एवं सम्पूर्ण शरीरको तृप्त एवं पुष्ट करते हैं ॥

दश विद्याद् धमन्योऽत्र पञ्चेन्द्रियगुणावहाः।
याभिः सूक्ष्माः प्रतायन्ते धमन्योऽन्याः सहस्रशः॥१७॥

इस शरीरके भीतर उपर्युक्त वात, पित्त आदि दस वस्तुओंको वहन करनेवाली दस ऐसी नाड़ियाँ हैं, जो पाँचों इन्द्रियोंके शब्द आदि गुणोंको ग्रहण करनेकी शक्ति प्राप्त करानेवाली हैं। उन्हींके साथ अन्य सहस्रों सूक्ष्म नाड़ियाँ सारे शरीरमें फैली हुई हैं ॥ १७ ॥

एवमेताः शिरा नद्यो रसोदा देहसागरम्।
तर्पयन्ति यथाकालमापगा इव सागरम् ॥ १८ ॥

जैसे नदियाँ अपने जलसे यथासमय समुद्रको तृप्त करती रहती हैं, उसी प्रकार रसको बहानेवाली ये नाड़ीरूप नदियाँ इस देह-सागरको तृप्त किया करती हैं ॥ १८ ॥

मध्ये च हृदयस्यैका शिरा तत्र मनोवहा।
शुक्रं संकल्पजं नृणां सर्वगात्रैर्विमुञ्चति ॥ १९ ॥

हृदयके मध्यभागमें एक मनोवहा नामकी नाड़ी है, जो पुरुषोंके कामविषयक संकल्पके द्वारा सारे शरीरसे वीर्यको खींचकर बाहर निकाल देती है ॥ १९ ॥

सर्वगात्रप्रतायिन्यस्तस्या ह्यनुगताः शिराः।
नेत्रयोः प्रतिपद्यन्ते वहन्त्यस्तैजसं गुणम् ॥ २० ॥

उस नाड़ीके पीछे चलनेवाली और सम्पूर्ण शरीरमें फैली हुई अन्य नाड़ियाँ तैजस गुणरूप ग्रहणकी शक्तिको वहन करती हुई नेत्रोंतक पहुँचती हैं ॥ २० ॥

पयस्यन्तर्हितं सर्पिर्यद्वन्निर्मथ्यते खजैः।
शुक्रं निर्मथ्यते तद्वद् देहसंकल्पजैः खजैः ॥ २१ ॥

जिस प्रकार दूधमें छिपे हुए घीको मथानीसे मथकर अलग किया जाता है, उसी प्रकार देहस्थ संकल्प और इन्द्रियोंसे होनेवाले स्त्रियोंके दर्शन एवं स्पर्श आदिसे मथित होकर पुरुषका वीर्य बाहर निकल जाता है ॥ २१ ॥

स्वप्नेऽप्येवं यथाभ्येति मनःसंकल्पजं रजः।
शुक्रं संकल्पजं देहात् सृजत्यस्य मनोवहा ॥ २२ ॥

जैसे स्वप्नमें संसर्ग न होनेपर भी मनके संकल्पसे उत्पन्न हुआ स्त्रीविषयक राग उपस्थित हो जाता है, उसी प्रकार

१. 'कृच्छ्र' शब्दसे प्राजापत्यकृच्छ्रका ग्रहण किया जाता है। प्राजापत्यकृच्छ्रका विधान [illegible] प्रकार है—

त्र्यहं प्रातस्त्र्यहं [illegible] त्र्यहमद्यादयाचितम्।
त्र्यहं परं च नाश्नीयात् प्राजापत्योऽयमुच्यते ॥
(मनुस्मृति ११। २१२)

तीन दिन केवल प्रातःकाल, तीन दिन केवल सायंकाल तथा तीन दिनतक केवल अयाचित [illegible] भोजन करे। फिर तीन दिनतक उपवास रक्खे। इसे प्राजापत्यकृच्छ्र कहा जाता है।

२. अघमर्षणसूक्त निम्नलिखित है—

[illegible] सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत। ततो रात्र्यजायत ततः समुद्रो अर्णवः। समुद्रादर्णवादधिसंवत्सरो अजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी। सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः।

मनोवहा नाडी पुरुषके शरीरसे सकल्पजनित वीर्यका निःसारण कर देती है ॥ २२ ॥

महर्षिर्भगवानत्रिर्वेद तच्छुक्रसम्भवम् ।
त्रिबीजमिन्द्रदैवत्यं तस्मादिन्द्रियमुच्यते ॥ २३ ॥

भगवान् महर्षि अत्रि वीर्यकी उत्पत्ति और गतिको जानते हैं तथा ऐसा कहते हैं कि मनोवहा नाडी, सकल्प और अन्न—ये तीन ही वीर्यके कारण हैं। इस वीर्यका देवता इन्द्र है; इसलिये इसे इन्द्रिय कहते हैं ॥ २३ ॥

ये वै शुक्रगतिं विद्युर्भूतसंकरकारिकाम् ।
विरागा दग्धदोषास्ते नाप्नुयुर्देहसम्भवम् ॥ २४ ॥

जो यह जानते है कि वीर्यकी गति ही सम्पूर्ण प्राणियोंमें वर्णसंकरता उत्पन्न करनेवाली है, वे विरक्त हो अपने सारे दोषोंको भस्म कर डालते हैं; इसलिये वे पुनः देहके बन्धनमें नहीं पड़ते ॥ २४ ॥

गुणानां साम्यमागम्य मनसैव मनोवहम् ।
देहकर्मा नुदन् प्राणानन्तकाले विमुच्यते ॥ २५ ॥

जो केवल शरीरकी रक्षाके लिये भोजन आदि कर्म करता है, वह अभ्यासके बलसे गुणोंकी साम्यावस्थारूप निर्विकल्प समाधि प्राप्त करके मनके द्वारा मनोवहा नाड़ीको संयममें रखते हुए अन्तकालमें प्राणोको सुषुम्णा मार्गसे ले जाकर संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥ २५ ॥

भविता मनसो ज्ञानं मन एव प्रजायते ।
ज्योतिष्मद्विरजो नित्यं मन्त्रसिद्धं महात्मनाम् ॥ २६ ॥

उन महात्माओंके मनमे तत्त्वज्ञानका उदय हो जाता है; क्योंकि प्रणवोपासनासे परिशुद्ध हुआ उनका मन नित्य प्रकाशमय और निर्मल हो जाता है ॥ २६ ॥

तस्मात् तदभिघाताय कर्म कुर्यादकल्मषम् ।
[illegible] हित्वेह यथेष्टां गतिमाप्नुयात् ॥ २७ ॥

अतः मनको वशमें करनेके लिये मनुष्यको निर्दोष एवं निष्काम कर्म करने चाहिये। ऐसा करनेसे वह रजोगुण और तमोगुणसे छूटकर इच्छानुसार गति प्राप्त कर लेता है ॥ २७ ॥

तरुणाधिगतं ज्ञानं जरादुर्बलतां गतम् ।
विपक्वबुद्धिः कालेन आदत्ते मानसं बलम् ॥ २८ ॥

युवावस्थामें प्राप्त किया हुआ ज्ञान प्रायः बुढ़ापेमें क्षीण हो जाता है, परंतु परिपक्वबुद्धि मनुष्य समयानुसार ऐसा मानसिक बल [illegible] कर लेता है, जिससे उसका ज्ञान कभी क्षीण नहीं होता ॥ २८ ॥

सुदुर्गमिव पन्थानमतीत्य गुणबन्धनम् ।
यथा पश्येत् तथा दोषानतीत्यामृतमश्नुते ॥ २९ ॥

वह परिपक्व बुद्धिवाला मनुष्य अत्यन्त दुर्गम मार्गके [illegible] गुणोंके बन्धनको पार करके जैसे-जैसे अपने दोष देखता है, वैसे ही वैसे उन्हें लाँघकर अमृतमय परमात्मपदको [illegible] कर लेता है ॥ २९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने चतुर्दशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मकथनविषयक दो सौ चौदहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१४ ॥

पञ्चदशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

आसक्ति छोड़कर सनातन ब्रह्मकी प्राप्तिके लिये प्रयत्न करनेका उपदेश

भीष्म उवाच

दुरन्तेष्विन्द्रियार्थेषु सक्ताः सीदन्ति जन्तवः ।
ये त्वसक्ता महात्मानस्ते यान्ति परमां गतिम् ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! इन्द्रियोंके विषयोंका पार पाना बहुत कठिन है। जो प्राणी उनमें आसक्त होते हैं, वे दुःख भोगते रहते हैं और जो महात्मा उनमें आसक्त नहीं होते, वे परम गतिको प्राप्त होते हैं ॥ १ ॥

जन्ममृत्युजरादुःखैर्व्याधिभिर्मानसक्लमैः ।
दृष्ट्वेव संततं लोकं घटेन्मोक्षाय बुद्धिमान् ॥ २ ॥

यह जगत् जन्म, मृत्यु और वृद्धावस्थाके दुःखों, नाना प्रकारके रोगों तथा मानसिक चिन्ताओंसे व्याप्त है; ऐसा समझकर बुद्धिमान् पुरुषको मोक्षके लिये ही प्रयत्न करना चाहिये ॥ २ ॥

वाङ्मनोभ्यां शरीरेण शुचिः स्यादनहंकृतः ।
प्रशान्तो ज्ञानवान् भिक्षुर्निरपेक्षश्चरेत् सुखम् ॥ ३ ॥

वह मन, वाणी और शरीरसे पवित्र रहकर अहंकार-शून्य, शान्तचित्त, ज्ञानवान् एवं निःस्पृह होकर भिक्षावृत्तिसे निर्वाह करता हुआ सुखपूर्वक विचरे ॥ ३ ॥

अथवा मनसः सङ्गं पश्येद् भूतानुकम्पया ।
तत्राप्युपेक्षां कुर्वीत ज्ञात्वा कर्मफलं जगत् ॥ ४ ॥

अथवा प्राणियोंपर दया करते रहनेसे भी मोहवश उनके प्रति मनमें आसक्ति हो जाती है। इस बातपर दृष्टिपात करे और यह समझकर कि सारा जगत् अपने-अपने कर्मोंका फल भोग रहा है, सबके प्रति उपेक्षाभाव रखे ॥ ४ ॥

यत् कृतं स्याच्छुभं कर्म पापं वा यदि वाश्नुते ।
तस्माच्छुभानि कर्माणि कुर्याद् वा बुद्धिकर्मभिः ॥ ५ ॥

मनुष्य शुभ या अशुभ जैसा भी कर्म करता है, उसका फल उसे स्वयं ही भोगना पड़ता है; इसलिये मन, बुद्धि और

क्रियाके द्वारा सदा शुभ कर्मोंका ही आचरण करे ॥ ५ ॥

अहिंसा सत्यवचनं सर्वभूतेषु चार्जवम् ।
क्षमा चैवाप्रमादश्च यस्यैते स सुखी भवेत् ॥ ६ ॥

अहिंसा, सत्यभाषण, समस्त प्राणियोंके प्रति सरलतापूर्ण बर्ताव, क्षमा तथा प्रमादशून्यता—ये गुण जिस पुरुषमें विद्यमान हों, वही सुखी होता है ॥ ६ ॥

यश्चैनं परमं धर्मं सर्वभूतसुखावहम् ।
दुःखान्निःसरणं वेद सर्वज्ञः स सुखी भवेत् ॥ ७ ॥

जो मनुष्य इस अहिंसा आदि परम धर्मको समस्त प्राणियोंके लिये सुखद और दुःखनिवारक जानता है, वही सर्वज्ञ है और वही सुखी होता है ॥ ७ ॥

तस्मात् समाहितं बुद्ध्या मनो भूतेषु धारयेत् ।
नापध्यायेन्न स्पृहयेन्नाबद्धं चिन्तयेदसत् ॥ ८ ॥
अथामोघप्रयत्नेन मनो ज्ञाने निवेशयेत् ।
वाचामोघप्रयासेन मनोज्ञं तत् प्रवर्तते ॥ ९ ॥

इसलिये बुद्धिके द्वारा मनको समाहित करके समस्त प्राणियोंमें स्थित परमात्मामें लगावे । किसीका अहित न सोचे, असम्भव वस्तुकी कामना न करे, मिथ्या पदार्थोंकी चिन्ता न करे और [illegible] प्रयत्न करके मनको ज्ञानके साधनमें लगा दे । वेदान्त-वाक्योंके श्रवण तथा सुदृढ प्रयत्नसे उत्तम ज्ञानकी प्राप्ति होती है ॥ ८-९ ॥

विवक्षता च सद्वाक्यं धर्मं सूक्ष्ममवेक्षता ।
सत्यां वाचमहिंस्रां च वदेदनपवादिनीम् ॥ १० ॥
कल्कापेतामपरुषामनृशंसामपैशुनाम् ।
ईदृगल्पं च वक्तव्यमविक्षिप्तेन चेतसा ॥ ११ ॥

जो सूक्ष्म धर्मको देखता और उत्तम वचन बोलना चाहता हो, उसको ऐसी बात कहनी चाहिये जो [illegible] होनेके साथ ही हिंसा और परनिन्दासे रहित हो । जिसमें शठता, कठोरता, क्रूरता और चुगली आदि दोषोंका सर्वथा अभाव हो, ऐसी वाणी भी बहुत थोड़ी मात्रामें और सुस्थिर चित्तसे बोलनी चाहिये ॥ १०–११ ॥

वाक्प्रबद्धो हि संसारो विरागाद् व्याहरेद् यदि ।
बुद्ध्याप्यनुगृहीतेन मनसा कर्म तामसम् ॥ १२ ॥

[illegible] सारा व्यवहार वाणीसे ही बँधा हुआ है, अतः सदा उत्तम वाणी ही बोले और यदि वैराग्य हो तो बुद्धिके द्वारा मनको वशमें करके अपने किये हुए हिंसादि तामस कर्मोंको भी लोगोंसे कह दे (क्योंकि प्रकाशित कर देनेसे पापकी मात्रा घट जाती है) ॥ १२ ॥

रजोभूतैर्हि करणैः कर्माणि प्रतिपद्यते ।
स दुःखं प्राप्य लोकेऽस्मिन् नरकायोपपद्यते ।
तस्मान्मनोवाक्शरीरैराचरेद् धैर्यमात्मनः ॥ १३ ॥

रजोगुणसे प्रभावित हुई इन्द्रियोंकी प्रेरणासे मनुष्य विषयभोगरूप कर्मोंमें प्रवृत्त होता है और [illegible] लोकमें दुःख भोगकर अन्तमें नरकगामी होता है; अतः मन, वाणी और शरीरद्वारा ऐसा कार्य करे, जिससे अपनेको धैर्य प्राप्त हो ॥ १३ ॥

प्रकीर्णमेषभारं हि यद्वद् धार्येत दस्युभिः ।
प्रतिलोमां दिशं बुद्ध्वा संसारमबुधास्तथा ॥ १४ ॥

जैसे चोर या लुटेरे किसीकी भेड़को मारकर उसे कंधेपर उठाये हुए जबतक भागते हैं, तबतक उन्हें सारी दिशाओंमें पकड़े जानेका भय बना रहता है और जब मार्गको प्रतिकूल [illegible] उस भेड़के बोझको अपने कंधेसे उतार फेंकते हैं, तब अपनी अभीष्ट दिशाको सुखपूर्वक चले जाते हैं । उसी [illegible] अज्ञानी मनुष्य जबतक सांसारिक कर्मरूप बोझको ढोते हैं, तबतक उन्हें सर्वत्र भय बना रहता है और जब उसे [illegible] देते हैं, [illegible] शान्तिके भागी हो जाते हैं ॥ १४ ॥

तमेव च यथा दस्युः क्षिप्त्वा गच्छेच्छिवां दिशम् ।
[illegible] रजस्तमःकर्माण्युत्सृज्य प्राप्नुयाच्छुभम् ॥ १५ ॥

जैसे चोर या डाकू जब उस चोरीके मालका बोझ उतार फेंकता है, तब जहाँ उसे सुख मिलनेकी आशा होती है, उस दिशामें अनायास चला जाता है, उसी प्रकार मनुष्य राजस और [illegible] कर्मोंको त्यागकर शुभ गति प्राप्त कर लेता है ॥ १५ ॥

निःसंदिग्धमनीहो वै मुक्तः सर्वपरिग्रहैः ।
विविक्तचारी लघ्वाशी तपस्वी नियतेन्द्रियः ॥ १६ ॥
ज्ञानदग्धपरिक्लेशः प्रयोगरतिरात्मवान् ।
निष्प्रचारेण [illegible] परं तदधिगच्छति ॥ १७ ॥

जो सब प्रकारके संग्रहसे रहित, निरीह, एकान्तवासी, अल्पाहारी, तपस्वी और जितेन्द्रिय है, जिसके सम्पूर्ण क्लेश ज्ञानाग्निसे दग्ध हो गये हैं तथा जो योगानुष्ठानका प्रेमी और मनको वशमें रखनेवाला है, वह अपने निश्चल चित्तके द्वारा [illegible] परब्रह्म परमात्माको निःसंदेह प्राप्त कर लेता है ॥ १६-१७ ॥

धृतिमानात्मवान् बुद्धिं निगृह्णीयादसंशयम् ।
मनो बुद्ध्या निगृह्णीयाद् विषयान्मनसाऽऽत्मनः ॥ १८ ॥

बुद्धिमान् एवं धीर पुरुषको चाहिये कि [illegible] बुद्धिको निश्चय ही अपने वशमें करे; फिर बुद्धिके द्वारा मनको और मनके द्वारा अपनी इन्द्रियोंको विषयोंकी ओरसे रोककर अपने अधीन करे ॥ १८ ॥

निगृहीतेन्द्रियस्यास्य कुर्वाणस्य मनो वशे ।
देवतास्तत्र प्रकाशन्ते हृष्टा यान्ति तमीश्वरम् ॥ १९ ॥

इस प्रकार जिसने इन्द्रियोंको वशमें करके मनको अपने अधीन कर लिया है, उस अवस्थामें उसकी इन्द्रियोंके अधिष्ठातृ-देवता प्रसन्नतासे प्रकाशित होने लगते हैं और ईश्वरकी ओर प्रवृत्त हो जाते हैं ॥ १९ ॥

ताभिः संयुक्तमनसो ब्रह्म तत् सम्प्रकाशते ।
शनैश्चोपगते सत्त्वे ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ २० ॥

उन इन्द्रियदेवताओंसे जिसका मन संयुक्त हो गया है, उसके अन्तःकरणमें परब्रह्म परमात्मा प्रकाशित हो उठता है;

फिर धीरे-धीरे सत्त्वगुण प्राप्त होनेपर वह मनुष्य ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है ॥ २० ॥

अथवा न प्रवर्तेत योगतन्त्रैरुपक्रमेत् ।
येन तन्त्रयतस्तन्त्रं वृत्तिः स्यात् तत् तदाचरेत् ॥ २१ ॥

अथवा यदि पूर्वोक्तरूपसे उसके भीतर ज्ञान प्रकाशित न हो तो वह योगी योगप्रधान उपायोंद्वारा अभ्यास आरम्भ करे । जिस हेतुसे योगाभ्यास करते हुए योगीकी ब्रह्ममें ही स्थिति हो, वह उसी-उसीका अनुष्ठान करे ॥ २१ ॥

कणकुल्माषपिण्याकशाकयावकसक्तवः ।
तथा मूलफलं भैक्ष्यं पर्यायेणोपयोजयेत् ॥ २२ ॥

अन्नके दाने, उड़द, तिलकी खली, साग, जौकी लप्सी, सत्तू, मूल और फल जो कुछ भी भिक्षामें मिल जाय, उसी अन्नसे योगी अपने जीवनका निर्वाह करे ॥ २२ ॥

आहारनियमं चैव देशे काले च सात्त्विकम् ।
तत् परीक्ष्यानुवर्तेत तत्प्रवृत्त्यनुपूर्वकम् ॥ २३ ॥

देश और कालके अनुसार सात्त्विक आहार ग्रहण करनेका नियम रक्खे । उस आहारके दोष-गुणकी परीक्षा करके यदि वह योगसिद्धिके अनुकूल हो तो उसे उपयोगमें ले ॥ २३ ॥

प्रवृत्तं नोपरुन्धेत शनैरग्निमिवेन्धयेत् ।
ज्ञानान्वितं तथा ज्ञानमर्कवत् सम्प्रकाशते ॥ २४ ॥

साधन आरम्भ कर देनेपर उसे बीचमें न रोके । जैसे आग धीरे-धीरे तेज की जाती है, उसी प्रकार ज्ञानके साधनको शनैः-शनैः उद्दीपित करे । ऐसा करनेसे ज्ञान सूर्यके समान प्रकाशित होने लगता है ॥ २४ ॥

ज्ञानाधिष्ठानमज्ञानं त्रीँल्लोकानधितिष्ठति ।
विज्ञानानुगतं ज्ञानमज्ञानेनापकृष्यते ॥ २५ ॥

अज्ञानका अधिष्ठान भी ज्ञान ही है, जो तीनों लोकोंमें व्याप्त है । अज्ञानके द्वारा विज्ञानयुक्त ज्ञानका ह्रास होता है ॥ २५ ॥

पृथक्त्वात् सम्प्रयोगाच्च नासूयुर्वेद शाश्वतम् ।
स तयोरपवर्गज्ञो वीतरागो विमुच्यते ॥ २६ ॥

शास्त्रोंमें कहीं जीवात्मा और परमात्माकी पृथक्ताका प्रतिपादन करनेवाले वचन उपलब्ध होते हैं और कहीं उनकी एकताका । यह परस्पर विरोध देखकर दोषदृष्टि न करते हुए सनातन ज्ञानको प्राप्त करे । जो उन दोनों प्रकारके वचनोंका तात्पर्य समझकर मोक्षके तत्त्वको जान लेता है, वह वीतराग पुरुष संसारबन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥ २६ ॥

ततो वीतजरामृत्युर्ज्ञात्वा ब्रह्म सनातनम् ।
अमृतं तदवाप्नोति यत् तदक्षरमव्ययम् ॥ २७ ॥

ऐसा पुरुष जरा और मृत्युका उल्लङ्घनकर सनातन ब्रह्मको [illegible] अक्षर, अविकारी एवं अमृत ब्रह्मको [illegible] कर लेता है ॥ २७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने पञ्चदशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मतत्त्वका वर्णनविषयक दो सौ पंद्रहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१५ ॥

षोडशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

स्वप्न और सुषुप्ति-अवस्थामें मनकी स्थिति तथा गुणातीत ब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय

भीष्म उवाच

निष्कल्मषं ब्रह्मचर्यमिच्छता चरितुं सदा ।
निद्रा सर्वात्मना त्याज्या स्वप्नदोषानवेक्षता ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! सदा निष्कलंक ब्रह्मचर्य[illegible] पालन करनेकी इच्छा रखनेवाले पुरुषको स्वप्नके दोषोंपर दृष्टि रखते हुए सब प्रकारसे निद्राका परित्याग कर देना चाहिये ॥ १ ॥

स्वप्ने हि रजसा देही तमसा चाभिभूयते ।
देहान्तरमिवापन्नश्चरत्युपगतस्पृहः ॥ २ ॥

स्वप्नमें जीवको प्रायः रजोगुण और तमोगुण दबा लेते हैं । वह कामनायुक्त होकर दूसरे शरीरको प्राप्त हुएकी भाँति विचरता है ॥ २ ॥

ज्ञानाभ्यासाज्जागरणं जिज्ञासार्थमनन्तरम् ।
विज्ञानाभिनिवेशात्तु स जागर्त्यनिशं सदा ॥ ३ ॥

मनुष्यमें पहले तो ज्ञानका अभ्यास करनेसे जागनेकी आदत होती है, तत्पश्चात् विचार करनेके लिये जागना अनिवार्य हो जाता है तथा जो तत्त्वज्ञान प्राप्त कर लेता है, वह तो ब्रह्ममें निरन्तर जागता ही रहता है ॥ ३ ॥

अत्राह को न्वयं भावः स्वप्ने विषयवानिव ।
प्रलीनैरिन्द्रियैर्देही वर्तते देहवानिव ॥ ४ ॥

यहाँ पूर्व [illegible] यह प्रश्न उठाता है कि स्वप्नमें जो यह देहादि पदार्थ दिखायी देता है, क्या है ? (सत्य है या असत्य ? यदि कहें कि सत्य है तो ठीक नहीं; क्योंकि) स्वप्नावस्थामें [illegible] कुछ विषयोंसे सम्पन्न-सा दिखायी देनेपर भी वास्तवमें वहाँ कोई विषय नहीं होता, सारी इन्द्रियाँ उस समय मनमें विलीन हो जाती हैं । उन्हीं इन्द्रियोंसे देहाभिमानी जीव देहधारी-जैसा बर्ताव करता है । और यदि कहें कि स्वप्नके पदार्थ असत्य हैं तो यह भी ठीक नहीं;

क्योंकि जो सर्वथा असत् है, (जैसे आकाशका पुष्प) उसकी प्रतीति ही नहीं होती ॥ ४ ॥

अत्रोच्यते [illegible] ह्येतद् वेद योगेश्वरो हरिः।
तथैतदुपपन्नार्थं वर्णयन्ति महर्षयः ॥ ५ ॥

अब यहाँ सिद्धान्तका प्रतिपादन किया जाता है। यह स्वप्न-जगत् जैसा है, उसे ठीक ठीक योगेश्वर श्रीहरि ही जानते हैं; पर जैसा श्रीहरि जानते हैं, वैसा ही महर्षि भी उसका वर्णन करते हैं, उनका वह वर्णन युक्तिसंगत भी है ॥ ५ ॥

इन्द्रियाणां श्रमात् स्वप्नमाहुः सर्वगतं बुधाः।
मनसस्त्वप्रलीनत्वात् तत् तदाहुर्निदर्शनम् ॥ ६ ॥

विद्वान् महर्षियोंका कहना है कि जाग्रत्-अवस्थामें निरन्तर शब्द आदि विषयोंको ग्रहण करते-करते श्रोत्र आदि इन्द्रियाँ जब [illegible] जाती हैं, तब सभी प्राणियोंके अनुभवमें आनेवाला स्वप्न दिखायी देने लगता है। उस समय इन्द्रियोंके लय होनेपर भी मनका लय नहीं होता है, इसलिये वह समस्त विषयोंका जो मनसे अनुभव करता है, वही स्वप्न कहलाता है। इस विषयमें प्रसिद्ध दृष्टान्त बताया जाता है ॥ ६ ॥

कार्ये व्यासक्तमनसः संकल्पो जाग्रतो ह्यपि।
यद्वन्मनोरथैश्वर्यं स्वप्ने तद्वन्मनोगतम् ॥ ७ ॥

जैसे जाग्रत्-अवस्थामें विभिन्न कार्योंमें आसक्त-चित्त हुए मनुष्यके संकल्प मनोराज्यकी ही विभूति हैं, उसी प्रकार स्वप्नके भाव भी मनसे ही सम्बन्ध रखते हैं ॥ ७ ॥

संस्काराणामसंख्यानां कामात्मा तदवाप्नुयात्।
मनस्यन्तर्हितं सर्वं स वेदोत्तमपूरुषः ॥ ८ ॥

कामनाओंमें जिसका मन आसक्त है, वह पुरुष स्वप्नमें असंख्य संस्कारोंके अनुसार अनेक दृश्योंको देखता है। वे समस्त संस्कार उसके मनमें ही छिपे रहते हैं, जिन्हें वह सर्वश्रेष्ठ अन्तर्यामी पुरुष परमात्मा जानता है ॥ ८ ॥

गुणानामपि यद्येतत् कर्मणा चाप्युपस्थितम्।
तत् तच्छंसन्ति भूतानि मनो यद्भावितं यथा॥ ९ ॥

कर्मोंके अनुसार सत्त्वादि गुणोंमेंसे यदि वह सत्त्व, रज या तम जो कोई भी गुण प्राप्त होता है, उससे मनपर जब जै[illegible] संस्कार पड़ते हैं अथवा जब जिस कर्मसे मन भावित होता है, उस समय सूक्ष्मभूत स्वप्नमें वैसे ही आकार प्रकट कर देते हैं ॥ ९ ॥

ततस्तमुपसर्पन्ति गुणा राजसतामसाः।
सात्त्विका वा यथायोगमानन्तर्यफलोदयम् ॥ १० ॥

[illegible] स्वप्नका दर्शन होते ही सात्त्विक, राजस अथवा [illegible] गुण यथायोग्य सुख-दुःखरूप फलका अनुभव कराने-के लिये उसके पास आ पहुँचते हैं ॥ १० ॥

ततः पश्यन्त्यसम्बुद्ध्या वातपित्तकफोत्तरान्।
रजस्तमोगतैर्भावैस्तदप्याहुर्दुरत्ययम् ॥ ११ ॥

तदनन्तर मनुष्य स्वप्नमें अज्ञानवश वात, पित्त या कफकी प्रधानतासे युक्त तथा काम, मोह आदि राजस, [illegible] भावोंसे व्याप्त नाना प्रकारके शरीरोंका दर्शन करते हैं। तत्त्वज्ञान हुए बिना उस स्वप्नदर्शनको लाँघना अत्यन्त कठिन बताया गया है ॥ ११ ॥

प्रसन्नैरिन्द्रियैर्यद् यत् संकल्पयति मानसम्।
तत् तत् स्वप्नेऽप्युपगते मनो ह्यप्यनिरीक्षते॥ १२ ॥

जाग्रत्-अवस्थामें प्रसन्न इन्द्रियोंके द्वारा मनुष्य अपने मनमें जो-जो [illegible] करता है, स्वप्नावस्था आनेपर भी उसका वह मन हर्षपूर्वक उसी-उसी संकल्पको पूर्ण होता देखा [illegible] है ॥ १२ ॥

व्यापकं सर्वभूतेषु वर्ततेऽप्रतिघं मनः।
आत्मप्रभावात् विद्यात् सर्वा ह्यात्मनि देवताः॥ १३ ॥

मनकी सर्वत्र अबाध गति है। वह अपने अधिष्ठान-भूत आत्माके ही प्रभावसे सम्पूर्ण भूतोंमें व्याप्त है; अतः आत्मा-को अवश्य जानना चाहिये; क्योंकि सभी देवता आत्मामें ही स्थित हैं ॥ १३ ॥

मनस्यन्तर्हितं द्वारं देहमास्थाय मानुषम्।
यद् यत् सदसदव्यक्तं स्वपित्यस्मिन्निदर्शनम्।
सर्वभूतात्मभूतस्थं तमध्यात्मगुणं विदुः ॥ १४ ॥

स्वप्न-दर्शनका द्वारभूत जो स्थूल मानव देह है, वह सुषुप्ति-अवस्थामें मनमें लीन हो जाता है। उसी देहका आश्रय ले मन अव्यक्त सदसत्स्वरूप एवं साक्षीभूत आत्माको प्राप्त होता है। वह आत्मा सम्पूर्ण भूतोंके आत्मभूत है। ज्ञानी पुरुष उसे अध्यात्मगुणसे युक्त मानते हैं ॥ १४ ॥

लिप्सेत मनसा [illegible] संकल्पादैश्वरं गुणम्।
आत्मप्रसादं तं विद्यात् सर्वा ह्यात्मनि देवताः ॥१५॥

जो योगी मनके द्वारा संकल्पसे ही ईश्वरीय गुणको पाना चाहता है, वह [illegible] आत्मप्रसादको प्राप्त कर लेता है; क्योंकि सम्पूर्ण देवता आत्मामें ही स्थित हैं ॥ १५ ॥

एवं हि तपसा युक्तमर्कवत् तमसः परम्।
त्रैलोक्यप्रकृतिर्देही तमसोऽन्ते महेश्वरः ॥ १६ ॥

इस प्रकार तपस्यासे युक्त हुआ मन अज्ञानान्धकारसे ऊपर उठकर सूर्यके समान ज्ञानमय प्रकाशसे प्रकाशित होने लगता है। जीवात्मा तीनों लोकोंका कारणभूत ब्रह्म ही है। वह अज्ञान निवृत्तिके पश्चात् महेश्वर (विशुद्ध परमात्मा) रूपसे प्रतिष्ठित होता है ॥ १६ ॥

तपो ह्यधिष्ठितं देवैस्तपोघ्नमसुरैस्तमः।
एतद् देवासुरैर्गुप्तं तदाहुर्ज्ञानलक्षणम् ॥ १७ ॥

देवताओंने तपका आश्रय लिया है और असुरोंने तपस्यामें विघ्न डालनेवाले दम्भ, दर्प आदि तमको अपनाया है; परंतु ब्रह्मतत्त्व देवताओं और असुरोंसे छिपा हुआ है; तत्त्वज्ञ पुरुष इसे ज्ञानस्वरूप बताते हैं ॥ १७ ॥

सत्त्वं रजस्तमश्चेति देवासुरगुणान् विदुः ।
सत्त्वं देवगुणं विद्यादितरावासुरौ गुणौ ॥ १८ ॥

सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण–इन्हें देवताओं और असुरोंका गुण माना गया है । इनमें सत्त्व तो देवताओंका गुण और शेष दोनों असुरोंके गुण हैं ॥ १८ ॥

ब्रह्म तत् परमं ज्ञानममृतं ज्योतिरक्षरम् ।
ये विदुर्भावितात्मानस्ते यान्ति परमां गतिम् ॥ १९ ॥

ब्रह्म इन सभी गुणोंसे अतीत, अक्षर, अमृत, स्वयंप्रकाश और ज्ञानस्वरूप है । जो शुद्ध अन्तःकरणवाले महात्मा उसे जानते हैं, वे परमगतिको प्राप्त हो जाते हैं ॥ १९ ॥

हेतुमच्छक्यमाख्यातुमेतावज्ज्ञानचक्षुषा ।
प्रत्याहारेण वा शक्यमक्षरं ब्रह्म वेदितुम् ॥ २० ॥

ज्ञानमयी दृष्टि रखनेवाले महापुरुष ही ब्रह्मके विषयमें युक्तिसंगत बात कह सकते हैं अथवा मन और इन्द्रियोंको विषयोंकी ओरसे हटाकर एकाग्रचित्त हो चिन्तन करनेसे भी ब्रह्मका साक्षात्कार हो सकता है ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने षोडशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मका कथनविषयक दो सौ सोलहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१६ ॥

सप्तदशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

सच्चिदानन्दघन परमात्मा, दृश्यवर्ग प्रकृति और पुरुष (जीवात्मा) उन चारोंके ज्ञानसे मुक्तिका कथन तथा परमात्मप्राप्तिके अन्य साधनोंका भी वर्णन

भीष्म उवाच

न स वेद परं ब्रह्म यो न वेद चतुष्टयम् ।
व्यक्ताव्यक्तं च यत् तत्त्वं सम्प्रोक्तं परमर्षिणा ॥ १ ॥
व्यक्तं मृत्युमुखं विद्यादव्यक्तममृतं पदम् ।
प्रवृत्तिलक्षणं धर्ममृषिर्नारायणोऽब्रवीत् ॥ २ ॥
तत्रैवावस्थितं सर्वं त्रैलोक्यं सचराचरम् ।
निवृत्तिलक्षणं धर्ममव्यक्तं ब्रह्म शाश्वतम् ॥ ३ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! जो मनुष्य सच्चिदानन्दघन परमात्मा, दृश्यवर्ग तथा प्रकृति और पुरुष—इन चारोंको नहीं जानता है, वह परब्रह्म परमात्माको नहीं जानता है। परम ऋषि नारायणने जिस व्यक्त और अव्यक्त तत्त्वका प्रतिपादन किया है, उसमें व्यक्त (दृश्यवर्ग) को मृत्युके मुखमें पड़नेवाला जाने और अव्यक्तको अमृतपद समझे तथा नारायण ऋषिने जिस प्रवृत्तिरूप धर्मका प्रतिपादन किया है, उसीपर चराचर प्राणियोंसहित समस्त त्रिलोकी प्रतिष्ठित है । निवृत्तिरूप जो धर्म है, वह अव्यक्त सनातन ब्रह्मस्वरूप है ॥ १–३ ॥

प्रवृत्तिलक्षणं धर्मं प्रजापतिरथाब्रवीत् ।
प्रवृत्तिः पुनरावृत्तिर्निवृत्तिः परमा गतिः ॥ ४ ॥

प्रजापति ब्रह्माजीने प्रवृत्तिरूप धर्मका उपदेश दिया है; परंतु प्रवृत्तिरूप धर्म पुनरावृत्तिका कारण है। उसके आचरणसे संसारमें बारबार जन्म लेना पड़ता है और निवृत्तिरूप धर्म परमगतिकी प्राप्ति करानेवाला है ॥ ४ ॥

तां गतिं परमामेति निवृत्तिपरमो मुनिः ।
ज्ञानतत्त्वपरो नित्यं शुभाशुभनिदर्शकः ॥ ५ ॥

जो सदा ज्ञानतत्त्वके चिन्तनमें संलग्न रहनेवाला, शुभ और अशुभको (ज्ञाननेत्रोंके द्वारा तत्त्वसे) देखनेवाला तथा निवृत्तिपरायण मुनि है, वही उस परमगतिको प्राप्त होता है ॥ ५ ॥

तदेवमेतौ विज्ञेयावव्यक्तपुरुषावुभौ ।
अव्यक्तपुरुषाभ्यां तु यत् स्यादन्यन्महत्तरम् ॥ ६ ॥
तं विशेषमवेक्षेत विशेषेण विचक्षणः ।

इस प्रकार विचारशील पुरुषको चाहिये कि वह पहले अव्यक्त (प्रकृति) और पुरुष (जीवात्मा)—इन दोनोंका ज्ञान प्राप्त करे; फिर इन दोनोंसे श्रेष्ठ जो परम महान् पुरुषोत्तम तत्त्व है, उसका विशेषरूपसे ज्ञान प्राप्त करे ॥ ६½ ॥

अनाद्यन्तावुभावेतावलिङ्गौ चाप्युभावपि ॥ ७ ॥
उभौ नित्यावविचलौ महद्भ्यश्च महत्तरौ ।
सामान्यमेतदुभयोरेवं ह्यन्यद्विशेषणम् ॥ ८ ॥

ये प्रकृति और पुरुष (जीवात्मा) दोनों ही अनादि और अनन्त हैं*। दोनों ही अलिङ्ग निराकार हैं तथा दोनों ही नित्य, अविचल और महान्से भी महान् हैं । ये सब बातें इन दोनोंमें समानरूपसे पायी जाती हैं; परंतु इनमें जो अन्तर या वैलक्षण्य है, वह दूसरा ही है, जिसे बताया जाता है ॥ ७-८ ॥

प्रकृत्या सर्गधर्मिण्या तथा त्रिगुणधर्मया ।
विपरीतमतो विद्यात् क्षेत्रज्ञस्य स्वलक्षणम् ॥ ९ ॥

प्रकृति त्रिगुणमयी है । ब्रह्मके सकाशसे सृष्टि करना उसका सहज धर्म है, किंतु क्षेत्रज्ञ अथवा पुरुषके स्वरूपको प्रकृतिसे सर्वथा विपरीत (विलक्षण) जानना चाहिये ॥ ९ ॥

---

१. इससे पूर्व पहले, दूसरे और तीसरे श्लोकोंमें अव्यक्त शब्द परमात्माका वाचक है और यहाँ 'अव्यक्त' शब्द प्रकृतिका वाचक समझना चाहिये ।

* प्रकृति प्रवाहरूपसे अनादि और अनन्त है तथा पुरुष (जीवात्मा) स्वरूपसे ।

प्रकृतेश्च विकाराणां द्रष्टारमगुणान्वितम् ।
अग्राह्यौ पुरुषावेतावलिङ्गत्वादसंहतौ ॥ १० ॥

वह स्वयं गुणोंसे रहित तथा प्रकृतिके विकारों (कार्यों) का द्रष्टा है। ये दोनों प्रकृति और पुरुष सम्पूर्णतः इन्द्रियोंके विषय नहीं हैं। दोनों ही आकाररहित तथा एक दूसरेसे विलक्षण हैं ॥ १० ॥

संयोगलक्षणोत्पत्तिः कर्मणा गृह्यते यथा ।
करणैः कर्मनिर्वृत्तिः कर्ता यद् यद् विचेष्टते ।
कीर्त्यते शब्दसंज्ञाभिः कोऽहमेषोऽप्यसाविति॥ ११ ॥

प्रकृति और पुरुषके संयोगसे चराचर जगत्की उत्पत्ति होती है, जो कर्मसे ही जानी जाती है। जीव मन-इन्द्रियोंद्वारा कर्म करता है। वह जिस-जिस कर्मको करता है, उस-उसका कर्ता कहलाता है। 'कौन' 'मैं' 'यह' और 'वह'—इन शब्दों एवं संज्ञाओंद्वारा उसीका वर्णन किया जाता है॥ ११ ॥

उष्णीषवान् यथा वस्त्रैस्त्रिभिर्भवति संवृतः ।
संवृतोऽयं [illegible] देही सत्त्वराजसतामसैः ॥ १२ ॥

जैसे पगड़ी बाँधनेवाला पुरुष तीन वस्त्रों (पगड़ी, ऊर्ध्ववस्त्र, अधोवस्त्र) से परिवेष्टित होता है, उसी प्रकार यह देहाभिमानी जीव सत्त्व, रज और तम—तीन गुणोंसे आवृत होता है ॥ १२ ॥

तस्माच्चतुष्टयं वेद्यमेतैर्हेतुभिरावृतम् ।
यथासंज्ञो ह्ययं सम्यगन्तकाले न मुह्यति ॥ १३ ॥

अतः इन्हीं हेतुओंसे आवृत हुई इन चार वस्तुओं (सच्चिदानन्दघन परमात्मा, दृश्यवर्ग, प्रकृति और पुरुष) को जानना चाहिये। इन्हें भलीभाँति तत्त्वसे जान लेनेपर मनुष्य मृत्युके समय मोहमें नहीं पड़ता है ॥ १३ ॥

श्रियं दिव्यामभिप्रेप्सुर्वर्ष्मवान् मनसा शुचिः ।
शारीरैर्नियमैरुग्रैश्चरेन्निष्कल्मषं तपः ॥ १४ ॥

जो दिव्य सम्पत्ति अर्थात् ब्रह्मज्ञान प्राप्त करना चाहे, [illegible] देहधारी पुरुषको अपना मन शुद्ध रखना चाहिये और शरीरसे कठोर नियमोंका पालन करते हुए निर्दोष तपका अनुष्ठान करना चाहिये ॥ १४ ॥

त्रैलोक्यं तपसा व्याप्तमन्तर्भूतेन भास्वता ।
सूर्यश्च चन्द्रमाश्चैव भासतस्तपसा दिवि ॥ १५ ॥

आन्तरिक तप चैतन्यमय प्रकाशसे युक्त है। उसके द्वारा तीनों लोक व्याप्त हैं। आकाशमें सूर्य और चन्द्रमा भी तपसे ही प्रकाशित हो रहे हैं ॥ १५ ॥

प्रकाशस्तपसो ज्ञानं लोके संशब्दितं तपः ।
रजस्तमोघ्नं यत् कर्म तपसस्तत् स्वलक्षणम् ॥ १६ ॥

लोकमें [illegible] शब्द विख्यात है। उस तपका फल है, ज्ञानस्वरूप प्रकाश। रजोगुण और तमोगुणका नाश करनेवाला जो निष्काम कर्म है, वही तपस्याका स्वरूपबोधक लक्षण है ॥

ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते ।
वाङ्मनोर्नियमः सम्यङ्मानसं तप उच्यते ॥ १७ ॥

ब्रह्मचर्य और अहिंसाको शारीरिक तप कहते हैं। मन और वाणीका भलीभाँति किया हुआ संयम मानसिक तप कहलाता है ॥ १७ ॥

विधिज्ञेभ्यो द्विजातिभ्यो ग्राह्यमन्नं विशिष्यते ।
आहारनियमेनास्य पाप्मा शाम्यति राजसः ॥ १८ ॥

वैदिक विधिको जानने और उनके अनुसार चलनेवाले द्विजातियोंसे ही अन्न ग्रहण करना उत्तम माना गया है। ऐसे अन्नका नियमपूर्वक भोजन करनेसे रजोगुणसे उत्पन्न होनेवाला पाप शान्त हो जाता है ॥ १८ ॥

वैमनस्यं च विषये यान्त्यस्य करणानि च ।
तस्मात् तन्मात्रमादद्याद् यावदत्र प्रयोजनम् ॥ १९ ॥

उससे साधककी इन्द्रियाँ भी विषयोंकी ओरसे विरक्त हो जाती हैं। इसलिये उतना ही अन्न ग्रहण करना चाहिये, जितना जीवन-रक्षाके लिये वाञ्छनीय हो ॥ १९ ॥

अन्तकाले बलोत्कर्षाच्छनैः कुर्यादनातुरः ।
एवं युक्तेन मनसा ज्ञानं यदुपपद्यते ॥ २० ॥

इस प्रकार योगयुक्त मनके द्वारा जो ज्ञान प्राप्त होता है, उसे जीवनके [illegible] समयतक पूरी शक्ति लगाकर धीरे-धीरे [illegible] ही कर लेना चाहिये। इस कार्यमें धैर्य नहीं छोड़ना चाहिये ॥ २० ॥

रजोवर्ज्योऽप्ययं देही देहवाञ्छब्दवच्चरेत् ।
कार्यैरव्याहतमतिर्वैराग्यात् प्रकृतौ स्थितः ॥ २१ ॥

योगपरायण योगीकी बुद्धि कार्योंद्वारा व्याहत नहीं होती। वह वैराग्यवश अपने स्वाभावमें स्थित रहता है, रजोगुणसे रहित होता है तथा देहधारी होकर भी शब्दकी भाँति अबाध गतिसे सर्वत्र विचरण करता है ॥ २१ ॥

आ देहादप्रमादाच्च देहान्ताद् विप्रमुच्यते ।
हेतुयुक्तः सदा सर्गो भूतानां प्रलयस्तथा ॥ २२ ॥

देह-त्यागपर्यन्त प्रमाद न होनेपर योगी देहावसानके पश्चात् मोक्ष प्राप्त कर लेता है और जो बन्धनके कारणभूत अज्ञानसे युक्त होते हैं, उन प्राणियोंके सदा जन्म और मरण होते रहते हैं ॥ २२ ॥

परप्रत्ययसर्गे [illegible] नियतिर्नानुवर्तते ।
भावान्तप्रभवप्रज्ञा आसते ये विपर्ययम् ॥ २३ ॥

जिनको ब्रह्मज्ञान प्राप्त हो गया है, उनका प्रारब्ध अनुसरण नहीं करता है अर्थात् वे प्रारब्धके बन्धनसे मुक्त हो जाते हैं। परंतु जो इसके विपरीत स्थितिमें हैं अर्थात् जिनका अज्ञान दूर नहीं हुआ है, वे प्रारब्धवश जन्म-मृत्युके चक्करमें पड़े रहते हैं ॥ २३ ॥

धृत्या देहान् धारयन्तो बुद्धिसंक्षिप्तचेतसः ।
स्थानेभ्यो ध्वंसमानाश्च सूक्ष्मत्वात् तदुपासते ॥२४॥

कुछ योगीजन बुद्धिके द्वारा अपने चित्तको विषयोंकी

ओरसे हटाकर आसनकी दृढ़तासे स्थिरतापूर्वक देहको धारण करते हुए इन्द्रिय-गोलकोंसे सम्बन्ध त्यागकर सूक्ष्म बुद्धि होनेके कारण ब्रह्मकी उपासना करते हैं * ॥ २४ ॥

यथागमं च गत्वा वै बुद्ध्या तत्रैव बुद्ध्यते ।
देहान्तं कश्चिदन्वास्ते भावितात्मा निराश्रयम्॥ २५ ॥

कोई-कोई शास्त्रमें बताये हुए क्रमसे (उत्तरोत्तर उत्कृष्ट तत्त्वका ज्ञान प्राप्त करते हुए पराकाष्ठातक पहुँचकर वहीं) बुद्धिके द्वारा ब्रह्मका अनुभव करते हैं । जिसने योगके द्वारा अपनी बुद्धिको शुद्ध कर लिया है, ऐसा कोई-कोई योगी ही देहस्थितिपर्यन्त आश्रयरहित—अपनी ही महिमामें प्रतिष्ठित ब्रह्ममें स्थित रहता है ॥ २५ ॥

युक्तं धारणया सम्यक् सतः केचिदुपासते ।
अभ्यस्यन्ति परं देवं विद्युत्संशब्दिताक्षरम् ॥ २६ ॥

इसी तरह कोई तो योगधारणाके द्वारा सगुण ब्रह्मकी उपासना करते हैं और कोई उस परम देवका चिन्तन करते हैं, जो विद्युत्के समान ज्योतिर्मय और अविनाशी कहा गया है ॥ २६ ॥

अन्तकाले ह्युपासन्ते तपसा दग्धकिल्बिषाः ।
सर्व एते महात्मानो गच्छन्ति परमां गतिम् ॥ २७ ॥

कुछ लोग तपस्यासे अपने पापोंको दग्ध करके अन्तकालमें ब्रह्मकी प्राप्ति करते हैं । इन सभी महात्माओंको उत्तम गतिकी प्राप्ति होती है ॥ २७ ॥

सूक्ष्मं विशेषणं तेषामवेक्षेच्छास्त्रचक्षुषा ।
देहान्तं परमं विद्याद् विमुक्तमपरिग्रहम् ।
अन्तरिक्षादन्यतरं धारणासक्तमानसम् ॥ २८ ॥

शास्त्रीय दृष्टिसे उन महात्माओंकी सूक्ष्म विशेषताको देखे । देहत्यागपर्यन्त नित्यमुक्त, अपरिग्रह, आकाशसे भी विलक्षण उस परब्रह्मका ज्ञान प्राप्त करे, जिसमें योगधारणाद्वारा मनको स्थापित किया जाता है ॥ २८ ॥

मर्त्यलोकाद् विमुच्यन्ते विद्यासंसक्तचेतसः ।
ब्रह्मभूता विरजसस्ततो यान्ति परां गतिम् ॥ २९ ॥

जिनका मन ज्ञानके साधनमें लगा हुआ है, वे मर्त्यलोकके बन्धनसे छूट जाते हैं और रजोगुणसे रहित एवं ब्रह्मस्वरूप हो परम गतिको प्राप्त कर लेते हैं ॥ २९ ॥

एवमेकायनं धर्ममाहुर्वेदविदो जनाः ।
यथाज्ञानमुपासन्तः सर्वे यान्ति परां गतिम् ॥ ३० ॥

वेदके ज्ञाता विद्वान् पुरुषोंने इस प्रकार एकमात्र ब्रह्मकी प्राप्ति करानेवाले साधनरूप धर्मका वर्णन किया है । अपने-अपने ज्ञानके अनुसार उपासना करनेवाले सभी साधक परम गतिको प्राप्त होते हैं ॥ ३० ॥

कषायवर्जितं ज्ञानं येषामुत्पद्यते चलम् ।
यान्ति तेऽपि पराँल्लोकान् विमुच्यन्ते यथाबलम्॥३१॥

जिन्हें राग आदि दोषोंसे रहित अस्थायी ज्ञान प्राप्त होता है, वे भी उत्तम लोकोंको प्राप्त होते हैं । तदनन्तर साधन बलसे पूर्ण ज्ञान प्राप्त करके वे मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं ॥३१॥

भगवन्तमजं दिव्यं विष्णुमव्यक्तसंज्ञितम् ।
भावेन यान्ति शुद्धा ये ज्ञानतृप्ता निराशिषः ॥ ३२ ॥

जो सम्पूर्ण ऐश्वर्योंसे युक्त, अजन्मा, दिव्य एवं अव्यक्त नामवाले भगवान् विष्णुकी भक्तिभावसे शरण लेते हैं, वे ज्ञानानन्दसे तृप्त, विशुद्ध और कामनारहित हो जाते हैं ॥

ज्ञात्वाऽऽत्मस्थं हरिं चैव न निवर्तन्ति तेऽव्ययाः ।
प्राप्य तत् परमं स्थानं मोदन्तेऽक्षरमव्ययम् ॥ ३३ ॥

वे अपने अन्तःकरणमें श्रीहरिको स्थित जानकर अव्ययस्वरूप हो जाते हैं । उन्हें फिर इस संसारमें नहीं आना पड़ता । वे उस अविनाशी और अविकारी परमपदको पाकर परमानन्दमें निमग्न हो जाते हैं ॥ ३३ ॥

एतावदेतद् विज्ञानमेतदस्ति च नास्ति च ।
तृष्णाबद्धं जगत् सर्वं चक्रवत् परिवर्तते ॥ ३४ ॥

इतना ही यह विज्ञान है—यह जगत् है भी और नहीं भी है (अर्थात् व्यावहारिक अवस्थामें यह जगत् है और पारमार्थिक अवस्थामें नहीं है) । सम्पूर्ण जगत् तृष्णामें बँधकर चक्रके समान घूम रहा है ॥ ३४ ॥

बिसतन्तुर्यथैवायमन्तःस्थः सर्वतो बिसे ।
तृष्णातन्तुरनाद्यन्तस्तथा देहगतः सदा ॥ ३५ ॥

जैसे कमलकी नालमें रहनेवाला तन्तु उसके सभी अङ्गोंमें फैला रहता है, उसी प्रकार अनादि एवं अनन्त तृष्णातन्तु सदा देहधारीके चित्तमें स्थित रहता है ॥ ३५ ॥

सूच्या सूत्रं यथा वस्त्रे संसारयति वायकः ।
तद्वत् संसारसूत्रं हि तृष्णासूच्या निबद्ध्यते ॥ ३६ ॥

जैसे कपड़ा बुननेवाला जुलाहा सूईसे वस्त्रमें सूतको पिरो देता है, उसी प्रकार तृष्णारूपी सूईसे संसाररूपी सूत्र ग्रथित होता है ॥ ३६ ॥

विकारं प्रकृतिं चैव पुरुषं च सनातनम् ।
यो यथावद् विजानाति स वितृष्णो विमुच्यते ॥ ३७ ॥

जो प्रकृतिको, उसके कार्यको, पुरुष (जीवात्मा) को और सनातन परमात्माको यथार्थ रूपसे जानता है, वह तृष्णासे रहित होकर मोक्ष प्राप्त कर लेता है ॥ ३७ ॥

प्रकाशं भगवानेतदृषिर्नारायणोऽमृतम् ।

* पुराणान्तरमें बताया गया है कि इन्द्रियोंका आत्मभावसे चिन्तन करनेवाले योगी दस मन्वन्तरोंतक ब्रह्मलोकमें निवास करते हैं । यथा—

दशमन्वन्तराणीह तिष्ठन्तीन्द्रियचिन्तकाः ।

भूतानामनुकम्पार्थं जगाद जगतो गतिः ॥ ३८ ॥
संसारको शरण देनेवाले ऋषिश्रेष्ठ भगवान् नारायणने जीवोंपर दया करनेके लिये ही इस अमृतमय ज्ञानको प्रकाशित किया ॥ ३८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वार्ष्णेयाध्यात्मकथने सप्तदशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीकृष्णसम्बन्धी अध्यात्मका वर्णनविषयक दो सौ सत्रहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१७ ॥

अष्टादशाधिकद्विशततमोऽध्यायः

राजा जनकके दरबारमें पञ्चशिखका आगमन और उनके द्वारा नास्तिक मतोंके निराकरणपूर्वक शरीरसे भिन्न आत्माकी नित्य सत्ताका प्रतिपादन

युधिष्ठिर उवाच

केन वृत्तेन वृत्तज्ञ जनको मिथिलाधिपः ।
जगाम मोक्षं मोक्षज्ञो भोगानुत्सृज्य मानुषान् ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—सदाचारके ज्ञाता पितामह ! मोक्ष-धर्मको जाननेवाले मिथिलानरेश जनकने मानवभोगोंका परित्याग करके किस प्रकारके आचरणसे मोक्ष प्राप्त किया ? ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
येन वृत्तेन धर्मज्ञः स जगाम महत्सुखम् ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! इस विषयमें विज्ञ पुरुष इस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, जिसके आचरणसे धर्मज्ञ राजा जनक महान् सुख (मोक्ष) को प्राप्त हुए थे ॥ २ ॥

जनको जनदेवस्तु मिथिलायां जनाधिपः ।
और्ध्वदेहिकधर्माणामासीद् युक्तो विचिन्तने ॥ ३ ॥

प्राचीन कालकी बात है मिथिलामें जनकवंशी राजा जन-देव राज्य करते थे । वे सदा देह-त्यागके पश्चात् आत्माके अस्तित्वरूप धर्मोंके ही चिन्तनमें लगे रहते थे ॥ ३ ॥

तस्य स्म शतमाचार्या वसन्ति सततं गृहे ।
दर्शयन्तः पृथग्धर्मान् नानाश्रमनिवासिनः ॥ ४ ॥

उनके दरबारमें सौ आचार्य बराबर रहा करते थे, जो विभिन्न आश्रमोंके निवासी थे और उन्हें भिन्न-भिन्न धर्मोंका उपदेश देते रहते थे ॥ ४ ॥

स तेषां प्रेत्यभावे च प्रेत्यजातौ विनिश्चये ।
आगमस्थः स भूयिष्ठमात्मतत्त्वे न तुष्यति ॥ ५ ॥

'इस शरीरको त्याग देनेके पश्चात् जीवकी सत्ता रहती है या नहीं, अथवा देह-त्यागके बाद उसका पुनर्जन्म होता है या नहीं' इस विषयमें उन आचार्योंका जो सुनिश्चित सिद्धान्त था, वे लोग आत्मतत्त्वके विषयमें जैसा विचार उपस्थित करते थे, उससे शास्त्रानुयायी राजा जनदेवको विशेष संतोष नहीं होता था ॥ ५ ॥

तत्र पञ्चशिखो नाम कापिलेयो महामुनिः ।
परिधावन् महीं कृत्स्नां जगाम मिथिलामथ ॥ ६ ॥

एक बार कपिलाके पुत्र महामुनि पञ्चशिख सारी पृथ्वी-की परिक्रमा करते हुए मिथिलामें जा पहुँचे ॥ ६ ॥

सर्वसंन्यासधर्माणां तत्त्वज्ञानविनिश्चये ।
सुपर्यवसितार्थश्च निर्द्वन्द्वो नष्टसंशयः ॥ ७ ॥

वे सम्पूर्ण संन्यास-धर्मोंके ज्ञाता और तत्त्वज्ञानके निर्णयमें एक सुनिश्चित सिद्धान्तके पोषक थे । उनके मनमें किसी प्रकारका संदेह नहीं था । वे निर्द्वन्द्व होकर विचरा करते थे ॥

ऋषीणामाहुरेकं तं यं कामानावृतं नृषु ।
शाश्वतं सुखमत्यन्तमन्विच्छन्तं सुदुर्लभम् ॥ ८ ॥

उन्हें ऋषियोंमें अद्वितीय बताया जाता है । वे कामनासे सर्वथा शून्य थे । वे मनुष्योंके हृदयमें अपने उपदेशद्वारा अत्यन्त दुर्लभ सनातन सुखकी प्रतिष्ठा करना चाहते थे ॥८॥

यमाहुः कपिलं सांख्याः परमर्षिं प्रजापतिम् ।
स मन्ये तेन रूपेण विस्मापयति हि स्वयम् ॥ ९ ॥

सांख्यके विद्वान् तो उन्हें साक्षात् प्रजापति महर्षि कपिल-का ही स्वरूप बताते हैं । उन्हें देखकर ऐसा जान पड़ता था, मानो सांख्यशास्त्रके प्रवर्तक भगवान् कपिल स्वयं पञ्च-शिखके रूपमें आकर लोगोंको आश्चर्यमें डाल रहे हैं ॥ ९ ॥

आसुरेः प्रथमं शिष्यं यमाहुश्चिरजीविनम् ।
पञ्चस्रोतसि यः सत्रमास्ते वर्षसहस्रिकम् ॥ १० ॥

उन्हें आसुरि मुनिका प्रथम शिष्य और चिरजीवी बताया जाता है । उन्होंने एक हजार वर्षोंतक मानस यज्ञका अनुष्ठान किया था ॥ १० ॥

तं समासीनमागम्य कापिलं मण्डलं महत् ।
पञ्चस्रोतसि निष्णातः पञ्चरात्रविशारदः ॥ ११ ॥
पञ्चज्ञः पञ्चकृत्पञ्चगुणः पञ्चशिखः स्मृतः ।
पुरुषावस्थमव्यक्तं परमार्थं न्यवेदयत् ॥ १२ ॥

एक समय आसुरि मुनि अपने आश्रममें बैठे हुए थे । इसी समय कपिलमतावलम्बी मुनियोंका महान् समुदाय वहाँ आया और प्रत्येक पुरुषके भीतर स्थित, अव्यक्त एवं परमार्थ-तत्त्वके विषयमें उनसे कुछ कहनेका अनुरोध करने लगा ।

उन्हींमें पञ्चशिख भी थे, जो पाँच स्रोतों (इन्द्रियों) वाले मनके व्यापार (ऊहापोह) में कुशल थे, पञ्चरात्र आगमके विशेषज्ञ थे, पाँच कोशोंके ज्ञाता और तद्विषयक पाँच प्रकारकी उपासनाओंके जानकार थे। शम, दम, उपरति, तितिक्षा और समाधान—इन पाँच गुणोंसे भी युक्त थे। उन पाँचों कोशोंसे भिन्न होनेके कारण उनके शिखास्थानीय जो ब्रह्म है, वह पञ्चशिख कहा गया है। उसके ज्ञाता होनेसे ऋषिको भी 'पञ्चशिख' माना गया है ॥ ११–१२ ॥

इष्टसत्रेण संसिद्धो भूयश्च तपसाऽऽसुरिः ।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्व्यक्तिं बुबुधे देवदर्शनः ॥ १३ ॥

आसुरि तपोबलसे दिव्य दृष्टि प्राप्त कर चुके थे। ज्ञानयज्ञके द्वारा सिद्धि प्राप्त करके उन्होंने क्षेत्र और क्षेत्रज्ञके भेदको स्पष्टरूपसे समझ लिया था ॥ १३ ॥

यत् तदेकाक्षरं [illegible] नानारूपं प्रदृश्यते ।
आसुरिर्मण्डले तस्मिन् प्रतिपेदे तदव्ययम् ॥ १४ ॥

जो एकमात्र अक्षर और अविनाशी ब्रह्म नाना रूपोंमें दिखायी देता है, उसका ज्ञान आसुरिने उस मुनिमण्डलीमें प्रतिपादित किया ॥ १४ ॥

[illegible] पञ्चशिखः शिष्यो मानुष्या पयसा भृतः ।
ब्राह्मणी कपिला नाम काचिदासीत् कुटुम्बिनी ॥ १५ ॥
तस्याः पुत्रत्वमागम्य स्त्रियाः [illegible] पिबति स्तनौ ।
ततः स कापिलेयत्वं लेभे बुद्धिं च नैष्ठिकीम् ॥ १६ ॥

उन्हींके शिष्य पञ्चशिख थे, जो मानवी स्त्रीके दूधसे पले थे। कपिला नामवाली कोई कुटुम्बिनी ब्राह्मणी थी। उसी स्त्रीके पुत्रभावको प्राप्त होकर वे उसके स्तनोंका दूध पीते थे; अतः कपिलाका पुत्र कहलानेके कारण कापिलेय नामसे उनकी प्रसिद्धि हुई। उन्होंने नैष्ठिक (ब्रह्ममें निष्ठा रखनेवाली) बुद्धि प्राप्त की थी ॥ १५–१६ ॥

एतन्मे भगवानाह कापिलेयस्य सम्भवम् ।
तस्य तत् कापिलेयत्वं सर्ववित्त्वमनुत्तमम् ॥ १७ ॥

कापिलेयके जन्मका यह वृत्तान्त मुझे भगवान्‌ने बताया था। उनके कपिलापुत्र कहलाने और सर्वज्ञ होनेका यही परम उत्तम वृत्तान्त है ॥ १७ ॥

सामान्यं जनकं ज्ञात्वा धर्मज्ञो ज्ञानमुत्तमम् ।
उपेत्य शतमाचार्यान् मोहयामास हेतुभिः ॥ १८ ॥

धर्मज्ञ पञ्चशिखने उत्तम ज्ञान प्राप्त किया था। वे राजा जनकको सौ आचार्योंपर समानभावसे अनुरक्त जान उनके दरबारमें गये और वहाँ जाकर उन्होंने अपने युक्तियुक्त वचनोंद्वारा उन सब आचार्योंको मोहित कर दिया ॥ १८ ॥

जनकस्त्वभिसंरक्तः कापिलेयानुदर्शनात् ।
उत्सृज्य शतमाचार्यान् पृष्ठतोऽनुजगाम तम् ॥ १९ ॥

उस समय महाराज जनक कपिलानन्दन पञ्चशिखका [illegible] देखकर उनके प्रति आकृष्ट हो गये और अपने सौ आचार्योंको छोड़कर उन्हींके पीछे चलने लगे ॥ १९ ॥

तस्मै परमकल्याय प्रणताय च धर्मतः ।
अब्रवीत् परमं मोक्षं यत् तत् सांख्येऽभिधीयते ॥ २० ॥

तब मुनिवर पञ्चशिखने राजाको धर्मानुसार चरणोंमें पड़ा देख उन्हें योग्य अधिकारी मानकर परम मोक्षका उपदेश दिया, जिसका सांख्यशास्त्रमें वर्णन है ॥ २० ॥

जातिनिर्वेदमुक्त्वा स कर्मनिर्वेदमब्रवीत् ।
कर्मनिर्वेदमुक्त्वा च सर्वनिर्वेदमब्रवीत् ॥ २१ ॥

उन्होंने 'जातिनिर्वेद'[1] का वर्णन करके 'कर्मनिर्वेद'[2] का उपदेश किया। तत्पश्चात् 'सर्वनिर्वेद'[3] की बात बतायी ॥ २१ ॥

यदर्थं धर्मसंसर्गः कर्मणां च फलोदयः ।
तमनाश्वासिकं मोहं विनाशि चलमध्रुवम् ॥ २२ ॥

उन्होंने कहा— 'जिसके लिये धर्मका आचरण किया जाता है, जो कर्मोंके फलका उदय होनेपर प्राप्त होता है, वह इहलोक या परलोकका भोग नश्वर है। उसपर आस्था करना उचित नहीं। वह मोहरूप, चञ्चल और अस्थिर है' ॥ २२ ॥

दृश्यमाने विनाशे च प्रत्यक्षे लोकसाक्षिके ।
आगमात् परमस्तीति ब्रुवन्नपि पराजितः ॥ २३ ॥

कुछ नास्तिक ऐसा कहा करते हैं कि देहरूपी आत्माका विनाश प्रत्यक्ष देखा जा रहा है। सम्पूर्ण लोक इसका साक्षी है। फिर भी यदि कोई शास्त्रप्रमाणकी ओट लेकर देहसे भिन्न आत्माकी सत्ताका प्रतिपादन करता है तो वह [illegible] है; क्योंकि [illegible] कथन लोकानुभवके विरुद्ध है ॥ २३ ॥

[illegible] ह्यात्मनो मृत्युः क्लेशो मृत्युर्जरामयः ।
आत्मानं मन्यते मोहात् तदसम्यक् परं मतम् ॥ २४ ॥

आत्माके स्वरूपभूत शरीरका अभाव होना ही उसकी मृत्यु है। इस दृष्टिसे दुःख, वृद्धावस्था तथा नाना प्रकारके रोग—ये सभी आत्माकी मृत्यु ही है (क्योंकि इनके द्वारा शरीरका आंशिक विनाश होता रहता है)। फिर भी जो लोग आत्माको देहसे भिन्न मानते हैं, उनकी यह मान्यता बहुत ही असङ्गत है ॥ २४ ॥

[illegible] चेदेवमप्यस्ति यल्लोके नोपपद्यते ।
अजरोऽयममृत्युश्च राजासौ मन्यते यथा ॥ २५ ॥

यदि ऐसी वस्तुका भी अस्तित्व मान लिया जाय, जो लोकमें सम्भव नहीं है अर्थात् यदि शास्त्रके आधारपर यह स्वीकार कर लिया जाय कि शरीरसे भिन्न कोई अजर-अमर आत्मा है, जो स्वर्गादि लोकोंमें दिव्य सुख भोगता है, तब तो

१- जन्मके समय गर्भवास आदिके कारण जो कष्ट होता है, उसपर विचार करके शरीरसे वैराग्य होना 'जातिनिर्वेद' है।

२- कर्मजनित क्लेश—नाना योनियोंकी प्राप्ति एवं नरकादि यातनाका विचार करके पाप तथा काम्य कर्मोंसे विरत होना 'कर्मनिर्वेद' है।

३- इस जगत्‌की छोटी-से-छोटी वस्तुओंसे लेकर [illegible] भोगोंकी क्षणभङ्गुरता और दुःखरूपताका विचार करके सब [illegible] विरक्त होना 'सर्वनिर्वेद' कहलाता है।

महर्षि पञ्चशिखका महाराज जनकको उपदेश

बन्दीजन जो राजाको अजर-अमर कहते हैं, उनकी वह बात भी ठीक माननी पड़ेगी (साराश यह है कि जैसे बन्दीजन आशीर्वादमें उपचारतः राजाको अजर अमर कहते हैं, उसी प्रकार यह शास्त्रका वचन भी औपचारिक ही है । नीरोग शरीरको ही अजर-अमर और यहाँके प्रत्यक्ष सुख भोगको ही स्वर्गीय सुख कहा गया है) ॥ २५ ॥

अस्ति नास्तीति चाप्येतत् तस्मिन्नसति लक्षणे ।
किमधिष्ठाय तद् ब्रूयाल्लोकयात्राविनिश्चयम् ॥ २६ ॥

यदि आत्मा है या नहीं—यह संशय उपस्थित होनेपर अनुमानसे उसके अस्तित्वका साधन किया जाय तो इसके लिये कोई ऐसा निर्दोष हेतु नहीं उपलब्ध होता, जो कहीं दोषयुक्त न होता हो; फिर किस अनुमानका आश्रय लेकर लोकव्यवहार-का निश्चय किया जा सकता है ॥ २६ ॥

प्रत्यक्षं ह्येतयोर्मूलं कृतान्तैतिह्ययोरपि ।
प्रत्यक्षेणागमो भिन्नः कृतान्तो वा न किञ्चन ॥ २७ ॥

अनुमान और आगम—इन दोनों प्रमाणोंका मूल प्रत्यक्ष प्रमाण है । आगम या अनुमान यदि प्रत्यक्ष अनुभवके विरुद्ध है तो वह कुछ भी नहीं है—उसकी प्रामाणिकता नहीं स्वीकार की जा सकती ॥ २७ ॥

यत्र यत्रानुमानेऽस्मिन् कृतं भावयतोऽपि च ।
नान्यो जीवः शरीरस्य नास्तिकानां मते स्थितः ॥ २८ ॥

जहाँ-कहीं भी ईश्वर, अदृष्ट अथवा नित्य आत्माकी सिद्धिके लिये अनुमान किया जाता है, वहाँ साध्य-साधनके लिये की हुई भावना भी व्यर्थ है, अतः नास्तिकोंके मतमें जीवात्माकी शरीरसे भिन्न कोई सत्ता नहीं है—यह बात स्थिर हुई ॥ २८ ॥

रेतो वटकणीकायां घृतपाकाधिवासनम् ।
जातिः स्मृतिरयस्कान्तः सूर्यकान्तोऽम्बुभक्षणम् ॥ २९ ॥

जैसे वटवृक्षके बीजमें पत्र, पुष्प, फल, मूल तथा त्वचा आदि छिपे होते हैं, जैसे गायके द्वारा खायी हुई घासमेंसे घी, दूध आदि प्रकट होते हैं तथा जिस प्रकार अनेक औषध द्रव्योंका पाक एवं अधिवासन करनेसे उनमें नशा पैदा करने-वाली शक्ति आ जाती है, उसी प्रकार वीर्यसे ही शरीर आदिके साथ चेतनता भी प्रकट होती है । इसके सिवा जाति, स्मृति, अयस्कान्तमणि, सूर्यकान्तमणि और बड़वानलके द्वारा समुद्रके जलका पान आदि दृष्टान्तोंसे भी देहातिरिक्त चैतन्यकी सिद्धि नहीं होती * ॥ २९ ॥

प्रेतीभूतेऽत्ययश्चैव देवताद्युपयाचनम् ।
मृते कर्मनिवृत्तिश्च प्रमाणमिति निश्चयः ॥ ३० ॥

(इस नास्तिक मतका खण्डन इस प्रकार समझना चाहिये) मरे हुए शरीरमें जो चेतनताका अभाव देखा जाता है, वही देहातिरिक्त आत्माके अस्तित्वमें प्रमाण है (यदि चेतनता देहका ही धर्म हो तो मृतक शरीरमें भी उसकी उपलब्धि होनी चाहिये; परंतु मृत्युके पश्चात् कुछ कालतक शरीर तो रहता है, पर उसमें चेतनता नहीं रहती; अतः यह सिद्ध हो जाता है कि चेतन आत्मा शरीरसे भिन्न है) । नास्तिक भी रोग आदिकी निवृत्तिके लिये मन्त्र, जप तथा तान्त्रिक पद्धतिसे देवता आदिकी आराधना करते हैं । (वह देवता क्या है ? यदि पाञ्चभौतिक है तो घट आदिकी भाँति उसका दर्शन होना चाहिये और यदि वह भौतिक पदार्थोंसे भिन्न है तो चेतनकी सत्ता स्वतः सिद्ध हो गयी; अतः देहसे भिन्न आत्मा है, यह प्रत्यक्ष अनुभवसे सिद्ध हो जाता है और देह ही आत्मा है, यह प्रत्यक्ष अनुभवके विरुद्ध जान पड़ता है) । यदि शरीरकी मृत्युके साथ आत्माकी भी मृत्यु मान ली जाय, तब तो उसके किये हुए कर्मोंका भी नाश मानना पड़ेगा; फिर तो उसके शुभाशुभ कर्मोंका फल भोगनेवाला कोई नहीं रह जायगा और देहकी उत्पत्तिमें अकृताभ्यागम (बिना किये हुए कर्मका ही भोग प्राप्त हुआ ऐसा) मानने-का प्रसङ्ग उपस्थित होगा । ये सब प्रमाण यह सिद्ध करते हैं कि देहातिरिक्त चेतन आत्माकी सत्ता अवश्य है ॥ ३० ॥

नन्वेते हेतवः सन्ति ये केचिन्मूर्तिसंस्थिताः ।
अमूर्तस्य हि मूर्तेन सामान्यं नोपपद्यते ॥ ३१ ॥

नास्तिकोंकी ओरसे जो कोई हेतुभूत दृष्टान्त दिये गये हैं, वे सब मूर्त पदार्थ हैं । मूर्त जड पदार्थसे मूर्त जड पदार्थकी ही उत्पत्ति होती है । यही उन दृष्टान्तोंद्वारा सिद्ध होता है । जैसे काठसे अग्निकी उत्पत्ति (यदि पञ्चभूतोंसे आत्माकी अथवा मूर्तसे अमूर्तकी उत्पत्ति स्वीकार की जाय तब तो पृथ्वी आदि मूर्त पदार्थोंसे आकाशकी भी उत्पत्ति माननी पड़ेगी, जो असम्भव है) । आत्मा अमूर्त पदार्थ है और देह मूर्त, अतः अमूर्तकी मूर्तके साथ समानता अथवा मूर्त भूतों-के संयोगसे अमूर्त चेतन आत्माकी उत्पत्ति नहीं हो सकती ॥

अविद्या कर्म तृष्णा च केचिदाहुः पुनर्भवे ।
कारणं लोभमोहौ तु दोषाणां तु निषेवणम् ॥ ३२ ॥

* जाति कहते हैं जन्मको । जैसे गुड़ या महुवे आदिसे अनेक द्रव्योंके संयोगद्वारा जो मद्य तैयार किया जाता है, उसमें उपा-दानकी अपेक्षा विलक्षण मादकताशक्तिका जन्म हो जाता है, उसी प्रकार पृथ्वी, जल, तेज और वायु—इन चार द्रव्योंके संयोगसे इस शरीरमें ही जीव चैतन्य प्रकट हो जाता है । जैसे जड मनसे अजड स्मृति प्रकट होती है, उसी प्रकार जड शरीरसे चेतन जीवकी उत्पत्ति हो जाती है । जैसे अयस्कान्तमणि (चुम्बक) जड होकर भी लोहेको खींच लेती है, उसी प्रकार जड शरीर भी इन्द्रियोंका संचालन और नियन्त्रण कर लेता है, अतः आत्मा उससे भिन्न नहीं है । जैसे सूर्यकान्तमणि शीतल होकर भी सूर्यकी किरणोंके संयोगसे आग प्रकट करने लगती है, उसी प्रकार वीर्य शीतल होकर भी रस और रक्तके संयोगसे जठरानलका आविष्कार करता है और जैसे जलसे उत्पन्न हुआ वडवानल जलको ही भक्षण करता है, उसी प्रकार वीर्यसे उत्पन्न हुआ यह शरीर स्वयं भी वीर्यका आधान एवं धारण करता है । अतः शरीरसे भिन्न आत्माकी सत्ता माननेकी कोई आवश्यकता नहीं है ।

कुछ लोग अविद्या, कर्म, तृष्णा, लोभ, मोह तथा दोषोंके सेवनको पुनर्जन्ममें कारण बताते हैं ॥ ३२ ॥

अविद्यां क्षेत्रमाहुर्हि कर्म बीजं तथा कृतम् ।
तृष्णा संजननं स्नेह एष तेषां पुनर्भवः ॥ ३३ ॥

अविद्याको वे क्षेत्र कहते हैं। पूर्व-जन्मोंका किया हुआ कर्म बीज है और तृष्णा अङ्कुरकी उत्पत्ति करानेवाला स्नेह या जल है। यही उनके मतमें पुनर्जन्मका प्रकार है ॥ ३३ ॥

तस्मिन् गूढे च दग्धे च भिन्ने मरणधर्मिणि ।
अन्योऽस्माज्जायते देहस्तमाहुः सत्त्वसंक्षयम् ॥ ३४ ॥

वे अविद्या आदि कारणसमूह सुषुप्ति और प्रलयमें भी संस्काररूपमें गूढभावसे स्थित रहते हैं। उनके रहते हुए जब एक मरणधर्मा शरीर नष्ट हो जाता है, तब उसीसे पूर्वोक्त अविद्या आदिके कारण दूसरा शरीर उत्पन्न हो जाता है। जब ज्ञानके द्वारा अविद्या आदि निमित्त दग्ध हो जाते हैं, तब शरीर-नाशके पश्चात् सत्त्व (बुद्धि) का क्षयरूप मोक्ष होता है, ऐसा उनका कथन है ॥ ३४ ॥

यदा स्वरूपतश्चान्यो जातितः शुभतोऽर्थतः ।
कथमस्मिन् स इत्येवं सर्वं स्यादसंहितम् ॥ ३५ ॥

(उपर्युक्त नास्तिक मतमें आस्तिकलोग इस प्रकार दोष देते हैं—) क्षणिक विज्ञानवादीकी मान्यताके अनुसार शरीर और जीव जब क्षणिक हैं, तब पूर्वक्षणवर्ती शरीरसे परक्षण-वर्ती शरीर रूप, जाति, धर्म और प्रयोजन सभी दृष्टियोंसे भिन्न हैं। ऐसी अवस्थामें यह वही है, इस प्रकार प्रत्यभिज्ञा (स्मृति) नहीं हो सकती। अथवा भोग, मोक्ष आदि सब कुछ बिना इच्छा किये ही अकस्मात् प्राप्त हो जाता है, ऐसा मानना पड़ेगा (उस दशामें यह भी कहा जा सकता है कि मोक्षकी इच्छा करनेवाला दूसरा है, साधन करनेवाला दूसरा है और उससे मुक्त होनेवाला भी दूसरा ही है) ॥ ३५ ॥

एवं सति च का प्रीतिर्दानविद्यातपोबलैः ।
यदन्याचरितं कर्म सर्वमन्यत् प्रपद्यते ॥ ३६ ॥

यदि ऐसी ही बात है, तब दान, विद्या, तपस्या और बलसे किसीको क्या प्रसन्नता होगी ? क्योंकि उसका किया हुआ सारा कर्म दूसरेको ही अपना फल प्रदान करेगा (अर्थात् दान करते समय जो दाता है, वह क्षणिक विज्ञानवादके अनुसार फल-भोगकालमें नहीं रह जाता, अतः पुण्य या पाप एक करता है और उसका फल दूसरा भोगता है) ॥ ३६ ॥

अपि ह्ययमिहैवान्यैः प्राक्कृतैर्दुःखितो भवेत् ।
सुखितो दुःखितो वापि दृश्यादृश्यविनिर्णयः ॥ ३७ ॥

(यदि कहें, यह आपत्ति तो अभीष्ट ही है कि कर्म करते समय जो कर्ता है, वह फल-भोग कालमें नहीं है। एक विज्ञानसे उत्पन्न हुआ दूसरा विज्ञान ही फल भोगता है, तब तो) इस जगत्‌में यह देवदत्त नामक पुरुष यज्ञदत्त आदि दूसरोंके किये हुए अशुभ कर्मोंसे दुःखी एवं परकृत शुभ कर्मोंसे सुखी हो सकता है (क्योंकि जब कर्ता दूसरा और भोक्ता दूसरा है, तब तो किसीका भी कर्म किसीको भी सुख-दुःख दे सकता है)। उस दशामें दृश्य और अदृश्यका निर्णय भी यही होगा कि जो पूर्वक्षणमें दृश्य था, वह वर्तमान क्षणमें अदृश्य हो गया तथा जो पहले अदृश्य था, वही इस समय दृश्य हो रहा है ॥ ३७ ॥

तथा हि मुसलैर्हन्युः शरीरं तत् पुनर्भवेत् ।
पृथग्ज्ञानं यदन्यच्च येनैतन्नोपपद्यते ॥ ३८ ॥

यदि कहें, देवदत्तके ज्ञानसे यज्ञदत्तका ज्ञान पृथक् एवं विजातीय है, सजातीय विज्ञानधारामें ही कर्म और उसके फलका भोग प्राप्त होता है; अतः देवदत्तके किये हुए कर्मका भोग यज्ञदत्तको नहीं प्राप्त हो सकता, उस कारण पूर्वोक्त दोषकी आपत्ति सम्भव नहीं है, तब हम यह पूछते हैं कि आपके मतमें जो यह सादृश्य या सजातीय विज्ञान उत्पन्न होता है, उसका उपादान क्या है ? यदि पूर्वक्षणवर्ती विज्ञान-को ही उपादान बताया जाय तो यह ठीक नहीं है; क्योंकि वह विज्ञान नष्ट हो चुका और यदि पूर्वक्षणवर्ती विज्ञानका नाश ही उत्तरक्षणवर्ती सजातीय विज्ञानकी उत्पत्तिमें कारण है, तब तो यदि कुछ लोग किसीके शरीरको मूसलोंसे मार डालें तो उस मरे हुए शरीरसे भी दूसरे शरीरकी पुनः उत्पत्ति हो सकती है (अतः यह मत ठीक नहीं है) ॥ ३८ ॥

ऋतुसंवत्सरौ तिथ्यः शीतोष्णेऽथ प्रियाप्रिये ।
यथातीतानि पश्यन्ति तादृशः सत्त्वसंक्षयः ॥ ३९ ॥

ऋतु, संवत्सर, युग, सर्दी, गर्मी तथा प्रिय और अप्रिय—ये सब वस्तुएँ आकर चली जाती हैं और आकर फिर आ जाती हैं, यह सब लोग प्रत्यक्ष देखते हैं। उसी प्रकार सत्त्व-संक्षयरूप मोक्ष भी फिर आकर निवृत्त हो सकता है (क्योंकि विज्ञानधाराका कहीं अन्त नहीं है) ॥ ३९ ॥

जरयाभिपरीतस्य मृत्युना च विनाशिना ।
दुर्बलं दुर्बलं पूर्वं गृहस्येव विनश्यति ॥ ४० ॥

जैसे मकानके दुर्बल-दुर्बल अङ्ग पहले नष्ट होने लगते हैं और फिर क्रमशः सारा मकान ही गिर जाता है, उसी प्रकार वृद्धावस्था और विनाशकारी मृत्युसे आक्रान्त हुए शरीरके दुर्बल-दुर्बल अङ्ग क्षीण होते-होते एक दिन सम्पूर्ण शरीरका नाश हो जाता है ॥ ४० ॥

इन्द्रियाणि मनो वायुः शोणितं मांसमस्थि च ।
आनुपूर्व्या विनश्यन्ति स्वं धातुमुपयान्ति च ॥ ४१ ॥

इन्द्रिय, मन, प्राण, रक्त, मांस और हड्डी—ये सब क्रमशः नष्ट होते और अपने कारणमें मिल जाते हैं ॥ ४१ ॥

लोकयात्राविघातश्च दानधर्मफलागमे ।
तदर्थं वेदशब्दाश्च व्यवहाराश्च लौकिकाः ॥ ४२ ॥

यदि आत्माकी सत्ता न मानी जाय तो लोकयात्राका निर्वाह नहीं होगा। दान और दूसरे धर्मोंके फलकी प्राप्तिके लिये कोई आस्था नहीं रहेगी; क्योंकि वैदिक शब्द और लौकिक व्यवहार सब आत्माको ही सुख देनेके लिये हैं ॥

इति सम्यङ्मनस्येते बहवः सन्ति हेतवः ।
एतदस्तीदमस्तीति न किंचित्प्रतिदृश्यते ॥ ४३ ॥

इस प्रकार मनमें अनेक प्रकारके तर्क उठते हैं और उन तर्कों तथा युक्तियोंसे आत्माकी सत्ता या असत्ताका निर्धारण कुछ भी होता नहीं दिखायी देता ॥ ४३ ॥

तेषां विमृशतामेव तत् तत्समभिधावताम् ।
क्वचिन्निविशते बुद्धिस्तत्र जीर्यति वृक्षवत् ॥ ४४ ॥

इस तरह विचार करते हुए भिन्न-भिन्न मतोंकी ओर दौड़नेवाले लोगोंकी बुद्धि कहीं एक जगह प्रवेश करती है और वहीं वृक्षकी भाँति जड़ जमाये जीर्ण हो जाती है ॥ ४४ ॥

एवमर्थैरनर्थैश्च दुःखिताः सर्वजन्तवः ।
आगमैरपकृष्यन्ते हस्तिपैर्हस्तिनो यथा ॥ ४५ ॥

इस प्रकार अर्थ और अनर्थसे सभी प्राणी दुखी रहते हैं। केवल शास्त्रके वचन ही उन्हें खींचकर राहपर लाते हैं। ठीक उसी तरह, जैसे महावत हाथीपर अङ्कुश रखकर उन्हें काबूमें किये रहते हैं ॥ ४५ ॥

अर्थांस्तथात्यन्तसुखावहांश्च
लिप्सन्त एते बहवो विशुष्काः ।
महत्तरं दुःखमनुप्रपन्ना
हित्वाऽऽमिषं मृत्युवशं प्रयान्ति ॥ ४६ ॥

बहुत-से शुष्क हृदयवाले लोग ऐसे विषयोंकी लिप्सा रखते हैं, जो अत्यन्त सुखदायक हों, किंतु इस लिप्सामें उन्हें भारी-से-भारी दुःखोंका ही सामना करना पड़ता है और अन्तमें वे भोगोंको छोड़कर मृत्युके ग्रास बन जाते हैं ॥ ४६ ॥

विनाशिनो ह्यध्रुवजीवितस्य
किं बन्धुभिर्मित्रपरिग्रहैश्च ।
विहाय यो गच्छति सर्वमेव
क्षणेन गत्वा न निवर्तते च ॥ ४७ ॥

जो एक दिन [illegible] होनेवाला है, जिसके जीवनका कुछ ठिकाना नहीं, ऐसे अनित्य शरीरको पाकर इन बन्धु-बान्धवों [illegible] स्त्री-पुत्र आदिसे क्या लाभ है। यह सोचकर जो मनुष्य इन सबको क्षणभरमें वैराग्यपूर्वक त्यागकर चल देता है, उसे मृत्युके पश्चात् फिर इस संसारमें जन्म नहीं लेना पड़ता ॥ ४७ ॥

भूव्योमतोयानलवायवोऽपि
सदा शरीरं प्रतिपालयन्ति ।
इतीदमालक्ष्य रतिः कुतो भवेद्
विनाशिनोऽप्यस्य न शर्म विद्यते ॥ ४८ ॥

पृथ्वी, आकाश, जल, अग्नि और वायु—ये सदा शरीरकी रक्षा करते रहते हैं। इस बातको अच्छी तरह समझ लेनेपर इसके प्रति आसक्ति कैसे हो सकती है? जो एक दिन मृत्युके मुखमें पड़नेवाला है, ऐसे शरीरसे सुख कहाँ है ॥ ४८ ॥

इदमनुपधिवाक्यमच्छलं
परमनिरामयमात्मसाक्षिकम् ।
नरपतिरभिवीक्ष्य विस्मितः
पुनरनुयोक्तुमिदं प्रचक्रमे ॥ ४९ ॥

पञ्चशिखका यह उपदेश जो भ्रम और वञ्चनासे रहित, सर्वथा निर्दोष तथा आत्माका साक्षात्कार करानेवाला था, सुनकर राजा जनकको बड़ा विस्मय हुआ; अतः उन्होंने पुनः [illegible] करनेका विचार किया ॥ ४९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पञ्चशिखवाक्ये पाखण्डखण्डनं नामाष्टादशाधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २१८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पञ्चशिखके उपदेशके प्रसङ्गमें पाखण्डखण्डन नामक दो सौ अठारहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २१८ ॥

एकोनविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पञ्चशिखके द्वारा मोक्षतत्त्वका विवेचन एवं भगवान् विष्णुद्वारा मिथिलानरेश जनकवंशी जनदेवकी परीक्षा और उनके लिये वरप्रदान

भीष्म उवाच

जनको जनदेवस्तु ज्ञापितः परमर्षिणा ।
पुनरेवानुपप्रच्छ साम्पराये भवाभवौ ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! महर्षि पञ्चशिखके इस प्रकार उपदेश देनेपर जनदेव जनकने पुनः उनसे मृत्युके पश्चात् आत्माकी सत्ता या विनाशके विषयमें प्रश्न किया।

महाह्रद इवाक्षोभ्यः प्रज्ञातृप्तः प्रसीदति ॥ १४ ॥

दमनशील पुरुष समस्त प्राणियोंको दुर्लभ वस्तुएँ देकर—दूसरोंको सुख पहुँचाकर स्वयं सुखी और प्रमुदित होता है। जो सम्पूर्ण प्राणियोंके हितमें लगा रहता और किसीसे द्वेष नहीं करता है, वह बहुत बड़े जलाशयकी भाँति गम्भीर होता है। उसके मनमें कभी क्षोभ नहीं होता तथा वह सदा ज्ञानानन्दसे तृप्त एवं प्रसन्न रहता है ॥ १३-१४ ॥

अभयं यस्य भूतेभ्यः सर्वेषामभयं यतः।
नमस्यः सर्वभूतानां दान्तो भवति बुद्धिमान् ॥ १५ ॥

जो समस्त प्राणियोंसे निर्भय है तथा जिससे सम्पूर्ण प्राणी निर्भय हो गये हैं, वह दमनशील एवं बुद्धिमान् पुरुष सब जीवोंके लिये वन्दनीय होता है ॥ १५ ॥

न हृष्यति महत्यर्थे व्यसने च न शोचति।
स वै परिमितप्रज्ञः ■ दान्तो द्विज उच्यते ॥ १६ ॥

जो बहुत बड़ी सम्पत्ति पाकर हर्षसे फूल नहीं उठता और संकटमें पड़नेपर शोक नहीं करता, ■ द्विज सूक्ष्म बुद्धिसे युक्त एवं जितेन्द्रिय कहलाता है ॥ १६ ॥

कर्मभिः श्रुतिसम्पन्नः सद्भिराचरितैः शुचिः।
सदैव दमसंयुक्तस्तस्य भुङ्क्ते महाफलम् ॥ १७ ॥

जो वेदशास्त्रोंका ज्ञाता और सत्पुरुषोंद्वारा आचरणमें लाये हुए शुभ कर्मोंसे पवित्र है तथा जिसने सदा ही दमका पालन किया है, ■ अपने शुभकर्मका महान् फल भोगता है ॥

अनसूया क्षमा शान्तिः संतोषः प्रियवादिता।
सत्यं दानमनायासो नैष मार्गो दुरात्मनाम् ॥ १८ ॥

किसीके दोष न देखना, हृदयमें क्षमाभाव रखना, शान्ति, संतोष, मीठे वचन बोलना, सत्य, दान तथा क्रियामें परिश्रमका बोध न होना—ये सद्गुण हैं। दुरात्मा पुरुष इस मार्गसे नहीं चलते हैं ॥ १८ ॥

कामक्रोधौ च लोभश्च परस्येर्ष्याविकत्थना।
कामक्रोधौ वशे कृत्वा ब्रह्मचारी जितेन्द्रियः ॥ १९ ॥
विक्रम्य घोरे तपसि ब्राह्मणः संशितव्रतः।
कालाकाङ्क्षी चरेल्लोकान् निरपाय इवात्मवान् ॥ २० ॥

उनमें तो काम, क्रोध, लोभ, दूसरोंके प्रति डाह और अपनी झूठी प्रशंसा आदि दुर्गुण ही भरे रहते हैं; इसलिये उत्तम एवं कठोर व्रतका पालन करनेवाले ब्राह्मणको चाहिये कि वह जितेन्द्रिय होकर काम और क्रोधको वशमें करे तथा ब्रह्मचर्यपालनपूर्वक उत्साहके साथ घोर तपस्यामें संलग्न हो जाय एवं मृत्युकालकी प्रतीक्षा करता हुआ विघ्न-बाधाओंसे रहित हो धैर्यपूर्वक सम्पूर्ण जगत्‌में विचरे ॥ १९-२० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि दमप्रशंसायां विंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २२० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें दमकी प्रशंसाविषयक दो सौ बीसवाँ अध्याय पूरा ■आ ■ २२० ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका १०८½ श्लोक मिलाकर कुल १२८½ श्लोक हैं)

एकविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

व्रत, तप, उपवास, ब्रह्मचर्य तथा अतिथिसेवा आदिका विवेचन तथा यज्ञशिष्ट अन्नका भोजन करनेवालेको परम [illegible] गतिकी प्राप्तिका कथन

युधिष्ठिर उवाच

द्विजातयो व्रतोपेता यदिदं भुञ्जते हविः।
अन्नं ब्राह्मणकामाय कथमेतत् पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! व्रतयुक्त द्विज[illegible] वेदोक्त सकामकर्मोके फलकी इच्छासे हविष्यान्नका भोजन करते हैं ? उनका यह कार्य उचित है या नहीं ? ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अवेदोक्तव्रतोपेता भुञ्जानाः कार्यकारिणः।
वेदोक्तेषु च भुञ्जाना व्रतलुब्धा युधिष्ठिर ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! जो लोग अवैदिक व्रतका आश्रय ले हविष्यान्नका मोजन करते हैं, वे स्वेच्छाचारी हैं और जो वेदोक्त व्रतोंमें प्रवृत्त हो सकाम [illegible] करते और उसमें खाते हैं, वे भी उस व्रतके फलोंके प्रति लोलुप कहे जाते हैं (अतः उन्हें भी बारंबार इस संसार[illegible] आना पड़ता है) ॥ २ ॥

युधिष्ठिर उवाच

यदिदं तप इत्याहुरुपवासं पृथग्जनाः।
एतत् तपो महाराज उताहो किं तपो भवेत् ॥ ३ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—महाराज ! संसारके साधारण लोग जो उपवासको ही तप कहते हैं, क्या वास्तवमें यही तप है या दूसरा। यदि दूसरा है तो उस तपका क्या स्वरूप है ? ॥ ३ ॥

भीष्म उवाच

मासपक्षोपवासेन मन्यन्ते यत् तपो जनाः।
आत्मतन्त्रोपघातस्तु न तपस्तत्सतां मतम् ॥ ४ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! साधारण जन जो महीने-पंद्रह दिन उपवास करके उसे तप मानते हैं, उनका वह कार्य धर्मके साधनभूत शरीरका शोषण करनेवाला है; अतः श्रेष्ठ पुरुषोंके मतमें वह तप नहीं है ॥ ४ ॥

[illegible] संनतिश्चैव शिष्यते तप उत्तमम्।
सदोपवासी च भवेद् ब्रह्मचारी सदा भवेत् ॥ ५ ॥

उनके मतमें तो त्याग और विनय ही उत्तम तप है। इनका पालन करनेवाला मनुष्य नित्य उपवासी और सदा ब्रह्मचारी है ॥ ५ ॥

मुनिश्च स्यात् सदा विप्रो दैवतं च सदा भवेत्।
कुटुम्बिको धर्मकामः सदास्वप्नश्च भारत ॥ ६ ॥

भरतनन्दन ! त्यागी और विनयी ब्राह्मण सदा मुनि और सर्वदा देवता समझा जाता है। वह कुटुम्बके साथ रहकर भी निरन्तर धर्मपालनकी इच्छा रक्खे और निद्रा तथा आलस्यको कभी पास न आने दे ॥ ६ ॥

मांसादी सदा च स्यात् पवित्रश्च सदा भवेत्।
अमृताशी सदा च स्याद् देवतातिथिपूजकः ॥ [illegible] ॥

मांस कभी न [illegible] सदा पवित्र रहे, वैश्वदेव आदि यज्ञसे बचे हुए अमृतमय अन्नका भोजन तथा देवता और अतिथियोंकी पूजा करे ॥ ७ ॥

विघसाशी सदा च स्यात् सदा चैवातिथिव्रतः।
श्रद्दधानः सदा च स्याद् देवताद्विजपूजकः ॥ ८ ॥

उसे सदा यज्ञशिष्ट अन्नका भोक्ता, अतिथिसेवाका व्रती, श्रद्धालु तथा देवता और ब्राह्मणोंका पूजक होना चाहिये ॥ ८ ॥

युधिष्ठिर उवाच

कथं सदोपवासी स्याद् ब्रह्मचारी कथं भवेत्।
विघसाशी कथं च स्यात् सदा चैवातिथिव्रतः ॥ ९ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! मनुष्य नित्य उपवास करनेवाला कैसे हो [illegible] है ? वह [illegible] ब्रह्मचारी कैसे रह [illegible] है ? वह किस प्रकार अन्न ग्रहण करे, जिससे सदा यज्ञशिष्ट अन्नका भोक्ता हो सके तथा वह निरन्तर अतिथिसेवाका [illegible] भी कैसे निभा [illegible] है ? ॥ ९ ॥

भीष्म उवाच

अन्तरा प्रातराशं च सायमाशं तथैव च।
सदोपवासी स भवेद् यो न भुङ्क्तेऽन्तरा पुनः ॥ १० ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! जो प्रतिदिन प्रातःकालके सिवा फिर शामको ही भोजन करे और बीचमें कुछ [illegible] खाय, वह नित्य उपवास करनेवाला होता है ॥ १० ॥

भार्यां गच्छन् ब्रह्मचारी ऋतौ भवति वै द्विजः।
ऋतवादी भवेन्नित्यं ज्ञाननित्यश्च यो नरः ॥ ११ ॥

जो द्विज केवल ऋतुस्नानके समय ही पत्नीके साथ समागम करता, सदा सत्य बोलता और नित्य ज्ञानमें स्थित रहता है, वह सदा ब्रह्मचारी ही होता है ॥ ११ ॥

[illegible] भक्षयेत् [illegible] मांसममांसाशी भवत्यपि।
दाननित्यः पवित्रश्च अस्वप्नश्च दिवास्वपन् ॥ १२ ॥

तथा जो कभी मांस न खाय, वह अमांसाहारी होता है। जो नित्य दान करनेवाला है, वह पवित्र माना जाता है। जो दिनमें कभी नहीं सोता, वह सदा जागनेवाला समझा जाता है ॥ १२ ॥

भृत्यातिथिषु यो भुङ्क्ते भुक्तवत्सु सदा सदा।
अमृतं केवलं भुङ्क्ते इति विद्धि युधिष्ठिर ॥ १३ ॥

युधिष्ठिर ! जो सदा भरण-पोषण करनेके योग्य पिता-माता आदि कुटुम्बीजनों, सेवकों तथा अतिथियोंके भोजन कर लेनेपर ही खाता है, वह केवल अमृत भोजन करता है; ऐसा समझो ॥ १३ ॥

(अदत्त्वा योऽतिथिभ्योऽन्नं न भुङ्क्ते सोऽतिथिप्रियः।
अदत्त्वान्नं दैवतेभ्यो यो न भुङ्क्ते [illegible] दैवतम् ॥)

जो अतिथियोंको अन्न दिये बिना स्वयं भी नहीं खाता, वह अतिथिप्रिय है तथा जो देवताओंको अन्न दिये बिना भोजन नहीं करता, वह देवभक्त है ॥

अभुक्तवत्सु नाश्नानः सततं यस्तु वै द्विजः।
अभोजनेन तेनास्य जितः स्वर्गो भवत्युत ॥ १४ ॥

जो द्विज भृत्यो और अतिथियोंके भोजन न करनेपर स्वयं भी कभी अन्न ग्रहण नहीं करता, वह भोजन न करनेके उस पुण्यसे स्वर्गलोकपर विजय पा लेता है ॥ १४ ॥

देवताभ्यः पितृभ्यश्च भृत्येभ्योऽतिथिभिः सह।
अवशिष्टं तु योऽश्नाति तमाहुर्विघसाशिनम् ॥ १५ ॥

देवगण, पितृगण, माता पिता तथा अतिथियोंसहित भृत्यवर्गसे अवशिष्ट अन्नको ही जो भोजन करता है, [illegible] विघसाशी (यज्ञशिष्ट अन्नका भोक्ता) कहते हैं ॥ १५ ॥

तेषां लोका ह्यपर्यन्ताः सदने ब्रह्मणा सह।
उपस्थिताश्चाप्सरोभिः परियान्ति दिवौकसः ॥ १६ ॥

ऐसे पुरुषोंको अक्षयलोक प्राप्त होते हैं। [illegible] अप्सराओंसहित समस्त देवता उनके घरपर आकर उनकी परिक्रमा किया करते हैं ॥ १६ ॥

देवताभिश्च ये सार्धं पितृभिश्चोपभुञ्जते।
रमन्ते पुत्रपौत्रैश्च तेषां गतिरनुत्तमा ॥ १७ ॥

जो देवताओं और पितरोंके साथ (अर्थात् उन्हें उनका भाग अर्पण करके) भोजन करते हैं, वे इस लोकमें पुत्र-पौत्रोंके साथ रहकर आनन्द भोगते हैं और परलोकमें भी उन्हें परम उत्तम गति प्राप्त होती है ॥ १७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि अमृतप्राशनिको नाम एकविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २२१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें अमृतभोजन-सम्बन्धी दो सौ इक्कीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥२२१॥

(दाक्षिणात्य अधिक [illegible] १ श्लोक मिलाकर कुल १८ श्लोक हैं)

द्वाविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

सनत्कुमारजीका ऋषियोंको भगवत्स्वरूपका उपदेश देना

युधिष्ठिर उवाच

केचिदाहुर्द्विजा लोके त्रिधा राजन्ननेकधा।
न प्रत्ययो न [illegible] दृश्यते ब्रह्म नैव तत् ॥
नानाविधानि शास्त्राणि युक्ताश्चैव पृथग्विधाः।
किमधिष्ठाय तिष्ठामि तन्मे ब्रूहि पितामह ॥

युधिष्ठिरने पूछा—राजन्! जगत्में कुछ विद्वान् जड और चेतन अथवा प्रकृति और पुरुष दो तत्त्वोंका प्रतिपादन करते हैं। कुछ लोग जीव, ईश्वर और प्रकृति—इन तीन तत्त्वोंका वर्णन करते हैं और कितने ही विद्वान् अनेक तत्त्वोंका निरूपण करते रहते हैं; अतः कहीं न विश्वास किया जा [illegible] है, न अविश्वास। इसके सिवा वह परब्रह्म परमात्मा दिखायी नहीं देता है। नाना प्रकारके [illegible] हैं और भिन्न-भिन्न प्रकारसे उनका वर्णन किया गया है; इसलिये पितामह! मैं किस सिद्धान्तका आश्रय लेकर रहूँ, यह मुझे बताइये ॥

भीष्म उवाच

स्वे स्वे युक्ता महात्मानः शास्त्रेषु प्रभविष्णवः।
वर्तन्ते पण्डिता लोके को विद्वान् कश्च पण्डितः॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! शास्त्रोंके विचारमें प्रभावशाली सभी महात्मा अपने-अपने सिद्धान्तके प्रतिपादनमें स्थित हैं। ऐसे पण्डित इस जगत्में बहुत हैं; परन्तु उनमें वास्तवमें कौन तत्त्वको जाननेवाला विद्वान् है और कौन शास्त्रचर्चामें पण्डित है? यह कहना कठिन है ॥

सर्वेषां तत्त्वमज्ञाय यथारुचि तथा भवेत्।
अस्मिन्नर्थे पुराभूतमितिहासं पुरातनम् ॥
महाविवादसंयुक्तमृषीणां भावितात्मनाम्।

सबके तत्त्वको भलीभाँति समझकर जैसी रुचि हो, उसीके अनुसार आचरण करे। इस विषयमें एक प्राचीन इतिहास प्रसिद्ध है। एक [illegible] बहुत-से भावितात्मा मुनियोंका उसी विषयको लेकर आपसमें बड़ा भारी वाद-विवाद हुआ था ॥

हिमवत्पार्श्व आसीना ऋषयः संशितव्रताः ॥
षण्णां तानि सहस्राणि ऋषीणां गणमाहितम्।

हिमालय पर्वतके पार्श्वभागमें कठोर व्रतका पालन करनेवाले [illegible] हजार ऋषियोंकी एक बैठक हुई थी ॥

तत्र केचिद् ध्रुवं विश्वं सेश्वरं तु निरीश्वरम्।
प्राकृतं कारणं नास्ति सर्वं नैवमिदं जगत् ॥

उनमेंसे कुछ लोग इस जगत्को ध्रुव (सदा रहनेवाला) बताते थे, कुछ इसे ईश्वरसहित कहते थे और कुछ लोग बिना ईश्वरके ही जगत्की उत्पत्तिका प्रतिपादन करते थे। कुछ लोगोंका कहना था कि इसका कोई प्राकृत कारण नहीं है तथा कुछ लोगोंका मत यह था कि वास्तवमें इस सम्पूर्ण जगत्की सत्ता है ही नहीं ॥

अनेन चापरे विप्राः स्वभावं कर्म चापरे।
पौरुषं कर्म दैवं च यत् स्वभावादिरेव नम् ॥

इसी प्रकार दूसरे ब्राह्मणोंमेंसे कुछ लोग स्वभावको, कितने ही कर्मको, बहुतेरे पुरुषार्थको, दूसरे लोग दैवको और अन्य बहुत-से लोग स्वभाव-कर्म आदि सभीको [illegible] कारण बताते थे ॥

नानाहेतुशतैर्युक्ता नानाशास्त्रप्रवर्तकाः।
स्वभावाद् ब्राह्मणा राजन्निर्णीयन्तः परस्परम् ॥

वे नाना प्रकारके शास्त्रोंके प्रवर्तक थे तथा [illegible]

की सैकड़ों युक्तियोंद्वारा अपने मतका पोषण करते थे। राजन्! वे सभी ब्राह्मण स्वभावसे ही इस शास्त्रार्थमें एक दूसरेको पराजित करनेकी इच्छा करते थे ॥

ततस्तु मूलमुद्भूतं वादिप्रत्यर्थिसंयुतम्।
पात्रदण्डविघातं च वल्कलाजिनवाससाम् ॥
एके मन्युसमापन्नास्ततः शान्ता द्विजोत्तमाः।
वशिष्ठमब्रुवन् सर्वे त्वं नो ब्रूहि सनातनम् ॥
नाहं जानामि विप्रेन्द्राः प्रत्युवाच स तान् प्रभुः।

तदनन्तर उन वादी और प्रतिवादियोंमें मूलभूत प्रश्नको लेकर बड़ा भारी वाद-विवाद खड़ा हो गया। उनमेंसे कितने ही क्रोधमें भरकर एक दूसरेके पात्र, दण्ड, वल्कल, मृगचर्म और वस्त्रोंको भी नष्ट करने लगे। तत्पश्चात् शान्त होनेपर वे सभी श्रेष्ठ ब्राह्मण महर्षि वशिष्ठसे बोले—'प्रभो! आप ही हमें सनातन तत्त्वका उपदेश करें।' यह सुनकर वशिष्ठने उत्तर दिया—'विप्रवरो! मैं उस सनातन तत्त्वके विषयमें कुछ नहीं जानता' ॥

ते सर्वे सहिता विप्रा नारदमृषिमब्रुवन् ॥
त्वं नो ब्रूहि महाभाग तत्त्ववित्त्वं भवानसि।

तब वे सब ब्राह्मण एक साथ नारदमुनिसे बोले—'महाभाग! आप ही हमें सनातन तत्त्वका उपदेश करें; क्योंकि आप तत्त्ववेत्ता हैं' ॥

नाहं द्विजा विजानामि क्व हि [illegible] संगताः॥
इति तानाह भगवांस्ततः प्राह च स द्विजान्।
को विद्वानिह लोकेऽस्मिन्नमोहोऽमृतमद्भुतम् ॥

तब भगवान् नारदने उन ब्राह्मणोंसे कहा—'विप्रगण! मैं उस तत्त्वको नहीं जानता। हम सब लोग मिलकर कहीं और चलें। इस जगत्में कौन ऐसा विद्वान् है, जिसमें मोह न हो तथा जो उस अद्भुत अमृततत्त्वके प्रतिपादनमें समर्थ हो' ॥

[illegible] ते शुश्रुवुर्वाक्यं ब्राह्मणा ह्यशरीरिणः।
सनद्धाम द्विजा गत्वा पृच्छध्वं स च वक्ष्यति ॥

यह बातचीत हो ही रही थी कि उन ब्राह्मणोंने किसी अदृश्य देवताकी बात सुनी—'ब्राह्मणो! सनत्कुमारके आश्रमपर जाकर पूछो। वे तुम्हें तत्त्वज्ञानका उपदेश करेंगे' ॥

तमाह कश्चिद् द्विजवर्यसत्तमो
विभाण्डको मण्डितवेदपारगः।
कस्त्वं भवानर्थविमेदमध्ये
[illegible] दृश्यसे वाक्यमुदीरयंश्च ॥

उस समय वेदराशिके ज्ञानसे सुशोभित विभाण्डक नामक किन्हीं ब्राह्मणशिरोमणिने उस अदृश्य देवतासे पूछा—'हम लोगोंमे तत्त्वके विषयमें मतभेद उत्पन्न हो गया है; ऐसी स्थितिमें आप कौन हैं, जो बात [illegible] कर रहे हैं, किंतु दीखते नहीं हैं' ॥

अथाहेदं तं भगवान् सनन्तं
महामुने विद्धि मां पण्डितोऽसि।
ऋषिं पुराणं सततैकरूपं
यमक्षयं वेदविदो वदन्ति।

(भीष्मजी कहते हैं—राजन्!) तब भगवान् सनत्कुमारने उनसे कहा—'महामुने! तुम तो पण्डित हो। तुम मुझे सदा एकरूपसे ही विचरण करनेवाला पुरातन ऋषि सनत्कुमार समझो। [illegible] वही हूँ, जिसे वेदवेत्ता पुरुष अक्षय बताते हैं' ॥

पुनस्तमाहेदमसौ महात्मा
स्वरूपसंस्थं वद आह पार्थ।
त्वमेकोऽस्मदृषिपुङ्गवाद्य
न [illegible] पुनः किम् ॥

कुन्तीनन्दन! तब उन महात्मा विभाण्डकने पुनः उनसे कहा—'आदिमुनिप्रवर! आप अपने स्वरूपका परिचय दीजिये। केवल आप ही हमसे विलक्षण जान पड़ते हैं, आपका स्वरूप हमारे सामने प्रत्यक्ष नहीं है। अथवा यदि आपका भी कोई स्वरूप है तो वह कैसा है?' ॥

अथाह गम्भीरतयानुपादं
वाक्यं [illegible] ह्यशरीर आदिः।
न ते मुने श्रोत्रमुखेऽपि चास्यं
[illegible] पादहस्तौ प्रपदात्मकेन ॥

[illegible] अदृश्य आदि महात्माने गम्भीर स्वरमें यह बात कही—'मुने! तुम्हारे न तो कान है, न मुख है, न हाथ है, न पैर है और न पैरोंके पंजे ही हैं' ॥

ब्रुवन् मुनीन् सत्यमथो निरीक्ष्य
समाह विद्वान् मनसा निगम्य।
ऋषे कथं वाक्यमिदं ब्रवीषि
[illegible] मन्ता न च विद्यते चेत्॥
[illegible] शुश्रुवुस्ततस्तत् [illegible] प्रतिवाक्यं द्विजोत्तमाः।
निरीक्ष्यमाणा आकाशं प्रहसन्तस्ततस्ततः ॥

मुनियोंसे बातचीत करते हुए विद्वान् विभाण्डकने अपने विषय- [illegible] यह सब सत्य देखा तो मन-ही मन विचार करके कहा—'ऋषे! आप ऐसी बात क्यों कहते हैं? यदि इसको जाननेवाला या न जाननेवाला कोई न रहे, तब क्या होगा?' परंतु इसका उत्तर उन श्रेष्ठ ब्राह्मणोंको फिर नहीं सुनायी दिया। वे हँसते हुए आकाशकी ओर देखते ही रह गये ॥

आश्चर्यमिति मत्वा ते ययुर्हैमं महागिरिम्।
सनत्कुमारसंकाशं सगणा मुनिसत्तमाः ॥

'यह तो बड़े आश्चर्यकी बात है' ऐसा मानकर वे सभी मुनिश्रेष्ठ दल-बलसहित सुवर्णमय महागिरि मेरुपर सनत्कुमारजीके पास गये ॥

तं पर्वतं समारुह्य दृहशुर्ध्यानमाश्रिताः।
कुमारं देवमर्हन्तं वेदपारायविवर्जितम् ॥

उस पर्वतपर आरूढ हो ध्यानका आश्रय ले उन ऋषियोंने पूजनीय देव सनत्कुमारको देखा, जो निरन्तर वेदके पारायणमें लगे हुए थे ॥

ततः संवत्सरे पूर्णे प्रकृतिस्थं महामुनिम्।
सनत्कुमारं राजेन्द्र प्रणिपत्य द्विजाः स्थिताः॥
आगतान् भगवानाह ज्ञाननिर्धूतकल्मषः।
ज्ञातं मया मुनिगणा वाक्यं तदशरीरिणः॥
कार्यमद्य यथाकामं पृच्छध्वं मुनिपुङ्गवाः।

राजेन्द्र! एक वर्ष पूर्ण होनेपर जब महामुनि सनत्कुमार प्रकृतिस्थ हुए, तब वे ब्राह्मण उन्हें प्रणाम करके खड़े हो गये। ज्ञानसे जिनके सारे पाप धुल गये थे, उन भगवान् सनत्कुमारने वहाँ पधारे हुए ऋषियोंसे कहा—'मुनिगण! अदृश्य देवताने जो बात कही है, वह मुझे ज्ञात है; अतः आज आपलोगोंके प्रश्नोंका उत्तर देना है। मुनिवरो! आप इच्छानुसार प्रश्न करें॥

तमब्रुवन् प्राञ्जलयो महामुनिं
द्विजोत्तमं ज्ञाननिधिं सुनिर्मलम्।
कथं वयं ज्ञाननिधिं वरेण्यं
यक्ष्यामहे विश्वरूपं कुमार॥

(भीष्मजी कहते हैं—) तब उन ब्राह्मणोंने हाथ जोड़कर परमनिर्मल ज्ञाननिधि द्विजश्रेष्ठ महामुनि सनत्कुमारसे कहा—'कुमार! हमलोग ज्ञानके भण्डार और सर्वश्रेष्ठ विश्वरूप परमेश्वरका किस प्रकार यजन करें?॥

प्रसीद नो भगवञ्ज्ञानलेशं
मधु प्रयाताय सुखाय सन्तः।
यत् तत्पदं विश्वरूपं महामुने
तद् ब्रूहि किं कुत्र महानुभाव॥

'भगवन्! महामुने! महानुभाव! आप हमपर प्रसन्न होइये और हमें ज्ञानरूपी मधुर अमृतका लेशमात्र दान दीजिये; क्योंकि संत अपने शरणागतोंको सदा सुख देते हैं। वह जो विश्वरूप पद है, वह क्या है? यह हमें बताइये'॥

स तैर्वियुक्तो भगवान् महात्मा
यः संगवान् सत्यवित् तच्छृणुध्व।

उनके इस प्रकार विशेष अनुरोध करनेपर परब्रह्म परमात्मामें आसक्तचित्त सत्यवेत्ता महात्मा भगवान् सनत्कुमारने जो कुछ कहा, उसे सुनो॥

अनेकसाहस्रकलेषु चैव
प्रसन्नधातुं च शुभाज्ञया सत्॥

वे अनेक सहस्र ऋषियोंके बीचमें बैठे थे। उन्होंने उनके शुभ निवेदनसे सत्स्वरूप आनन्दमय परमेश्वरका इस प्रकार प्रतिपादन प्रारम्भ किया॥

यथाह पूर्वं युष्मासु ह्यशरीरी द्विजोत्तमाः।
तथैव वाक्यं तत् सत्यमजानन्तश्च कीर्तितम्॥

सनत्कुमार बोले—द्विजोत्तमो! आपलोगोंके बीचमें पहले अदृश्य देवताने जो कुछ कहा था, उनका वह कथन उसी रूपमें सत्य है। आपलोगोंने उसे न जानते हुए ही उसके साथ वार्तालाप किया था॥

शृणुध्वं परमं कारणमस्ति। स एव सर्वं विद्वान् बिभेति न गच्छति। कुत्राहं कस्य नाहं केन केनेत्यवर्तमानो विजानाति।

सुनिये, वह विश्वरूप परमात्मा सबका परम कारण है। जो उस सर्वस्वरूप परमेश्वरको जानता है, वह न तो भयभीत होता है और न कहीं जाता है। मैं कहाँ हूँ? किसका हूँ? किसका नहीं हूँ? किस-किस साधनसे कार्य करता हूँ? इत्यादि विचारोंमें न पड़कर परमात्माको अनुभव करता है॥

स युगतो व्यापी। स पृथक् स्थितः। तदपरमार्थम्।

वह परमात्मा युग-युगमें व्यापक है। वह जड़ात्मक प्रपञ्चसे अत्यन्त भिन्न रूपमें पृथक् स्थित है। उस परमात्मासे भिन्न जो कोई भी जड वस्तु है, उसकी पारमार्थिक सत्ता नहीं है॥

यथा वायुरेकः सन् बहुधेरितः। यथावद् द्विजे मृगे व्याघ्रे च। मनुजे वेणुसंश्रयो भिद्यते वायुरेकः। [illegible] तथासौ परमात्मासावन्य [illegible] भाति।

जैसे वायु एक होकर भी अनेक रूपोंमें सञ्चरित होता है। पक्षी, मृग, व्याघ्र और मनुष्यमें तथा वेणुमें यथार्थ रूपसे स्थित होकर एक ही वायुके भिन्न-भिन्न स्वरूप हो जाते हैं। जो आत्मा है वही परमात्मा है; परंतु वह जीवात्मासे भिन्न-सा जान पड़ता है॥

एवमात्मा स एव गच्छति। सर्वमात्मा पश्यञ्छृणोति न जिघ्रति न भाषते।

इस प्रकार वह आत्मा ही परमात्मा है। वही [illegible] है, वह आत्मा ही सबको देखता है, सबकी बातें सुनता है, सभी गन्धोंको सूँघता है और सबसे बातचीत करता है॥

चक्रेऽस्य तं महात्मानं परितो दश रश्मयः।
विनिष्क्रम्य यथासूर्यमनुगच्छति तं प्रभुम्॥

सूर्यदेवके चक्रमें सब ओर दस-दस किरणें हैं, जो वहाँसे निकलकर महात्मा भगवान् सूर्यके पीछे-पीछे चलती हैं॥

दिने दिनेऽस्तमभ्येति पुनरुद्गच्छते दिशः।
तावुभौ न रवौ चास्तां तथा वित्त शरीरिणम्॥

सूर्यदेव प्रतिदिन [illegible] होते और पुनः पूर्वदिशामें उदित होते हैं; परंतु वे उदय और अस्त दोनों ही सूर्यमें नहीं हैं। इसी प्रकार शरीरके अन्तर्गत अन्तर्यामीरूपसे जो भगवान् नारायण विराजमान हैं, उनको जानो (उनमें शरीर और अशरीरभाव सूर्यमें उदय-अस्तकी ही भाँति कल्पित है)॥

पतिते वित्त विप्रेन्द्रा भक्षणे चरणे परः।
ऊर्ध्वमेकस्तथाधस्तादेकस्तिष्ठति चापरः॥

विप्रवरो! आपलोगोंको गिरते-पड़ते, चलते-फिरते और खाते-पीते प्रत्येक कार्यके समय, ऊपर-नीचे आदि प्रत्येक देश और दिशामें एकमात्र भगवान् नारायण सर्वत्र स्थित रहे हैं—ऐसा अनुभव करना चाहिये॥

हिरण्यसदनं ज्ञेयं समेत्य परमं पदम् ।
आत्मना ह्यात्मदीपं तमात्मनि ह्यात्मपूरुषम् ॥

[illegible] दिव्य सुवर्णमय [illegible] ही परमपद जानना चाहिये, उसे पाकर जीवन कृतार्थ हो जाता है। वह स्वयं ही अपना प्रकाशक और स्वयं ही अपने-आपमें अन्तर्यामी आत्मा है॥

संचितं संचितं पूर्वे भ्रमरो वर्तते भ्रमन् ।
योऽभिमानीव जानाति न मुह्यति न हीयते ॥

भौंरा पहले रसका सञ्चय कर लेता है, तब फूलके चारों ओर चक्कर लगाने [illegible] है, उसी प्रकार जो ज्ञानी पुरुष देहाभिमानी-जैसा बनकर लोकसंग्रहके लिये [illegible] विषयोंका अनुभव करता है, वह न तो मोहमें पड़ता है और न क्षीण ही होता [illegible] ॥

न चक्षुषा पश्यति कश्चनैनं
हृदा मनीषा पश्यति [illegible] ।
इज्यते यस्तु मन्त्रेण यजमानो द्विजोत्तमः ॥

कोई भी [illegible] परमात्माको अपने चर्मचक्षुओंसे नहीं देख सकता। अन्तःकरणमें स्थित निर्मल बुद्धिके द्वारा ही उसके रूपको ज्ञानी पुरुष देख पाता है। [illegible] मन्त्रद्वारा यजन किया जाता है तथा श्रेष्ठ द्विज ही [illegible] यजन करता है॥

नैव धर्मी न चाधर्मी द्वन्द्वातीतो विमत्सरः ।
ज्ञानतृप्तः सुखं शेते ह्यमृतात्मा न संशयः ॥

वह अमृतस्वरूप परमात्मा न धर्मी है, न अधर्मी। वह द्वन्द्वोंसे अतीत और ईर्ष्या-द्वेषसे शून्य है। इसमें संदेह नहीं [illegible] वह ज्ञानसे परितृप्त होकर सुखपूर्वक सोता है॥

एवमेष जगत्सृष्टिं कुरुते मायया प्रभुः ।
[illegible] जानाति विमूढात्मा कारणं चात्मनो ह्यसौ ॥

तथा ये भगवान् अपनी मायाद्वारा जगत्की सृष्टि करते हैं। जिसका हृदय मोहसे आच्छन्न है, वह अपने कारणभूत परमात्माको नहीं जानता॥

ध्याता द्रष्टा तथा मन्ता बोद्धा दृष्टान्त एव सः ।
को विद्वान् परमात्मानमनन्तं लोकभावनम् ॥
यत्तु शक्यं मया प्रोक्तं गच्छध्वं मुनिपुङ्गवाः ।

वही ध्यान, दर्शन, मनन और देखी हुई वस्तुओंका बोध प्राप्त करनेवाला [illegible]। सम्पूर्ण जगत्की उत्पत्ति करनेवाले उस अनन्त परमात्माको कौन जान सकता है? मुनिवरो! मुझसे जहाँतक हो सकता था, मैंने इसका स्वरूप बता दिया। अब आपलोग जाइये॥

भीष्म उवाच

एवं प्रणम्य विप्रेन्द्रा ज्ञानसागरसम्भवम् ।
सनत्कुमारं संदृश्य जग्मुस्ते रुचिरं पुनः ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! इस प्रकार ज्ञानके समुद्रकी उत्पत्तिके कारणभूत मनोहर आकृतिवाले सनत्कुमारको प्रणाम करके उनका दर्शन करनेके पश्चात् वे सब ऋषि-मुनि वहाँसे चले गये॥

तस्मात् त्वमपि कौन्तेय ज्ञानयोगपरो भव ।
ज्ञानमेव महाराज सर्वदुःखविनाशनम् ॥

अतः महाराज कुन्तीनन्दन! तुम भी ज्ञानयोगके साधनमें [illegible] हो जाओ। ऐसा ज्ञान ही सम्पूर्ण दुःखोंका विनाश करनेवाला है॥

इदं महादुःखसमाकराणां
नृणां परित्राणविनिर्मितं पुरा ।
पुराणपुंसा ऋषिणा महात्मना
महामुनीनां प्रवरेण तद् ध्रुवम् ॥

जो लोग महान् दुःखके आकर बने हुए हैं, उन मनुष्योंके परित्राणके लिये पूर्वकालमें पुराणपुरुष महात्मा महामुनिशिरोमणि नारायणऋषिने इस ज्ञानको प्रकट किया था, यह अविनाशी है॥

युधिष्ठिर उवाच

यदिदं कर्म लोकेऽस्मिन् शुभं वा यदि वाशुभम् ।
पुरुषं योजयत्येव फलयोगेन [illegible] ॥ १ ॥
कर्तास्ति [illegible] पुरुष उताहो नेति संशयः ।
एतदिच्छामि तत्त्वेन त्वत्तः श्रोतुं पितामह ॥ २ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—भारत! इस लोकमें जो यह शुभ अथवा अशुभ कर्म होता है, वह पुरुषको उसके सुख-दुःखरूप [illegible] भोगनेमें लगा ही देता है; परंतु पुरुष [illegible] कर्मका कर्ता है या नहीं, इस विषयमें मुझे संदेह है; अतः पितामह! मैं आपके द्वारा इसका तत्त्वयुक्त समाधान सुनना चाहता हूँ॥ १-२॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
प्रह्लादस्य च संवादमिन्द्रस्य च युधिष्ठिर ॥ ३ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! इस विषयमें विज्ञ पुरुष इन्द्र और प्रह्लादके संवादरूप एक प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते [illegible]॥ ३॥

असक्तं धूतपाप्मानं कुले जातं बहुश्रुतम् ।
अस्तब्धमनहङ्कारं सत्त्वस्थं समये रतम् ॥ ४ ॥
तुल्यनिन्दास्तुतिं दान्तं शून्यागारनिवासिनम् ।
चराचराणां भूतानां विदितप्रभवाप्ययम् ॥ ५ ॥
अक्रुध्यन्तमहृष्यन्तमप्रियेषु प्रियेषु च ।
काञ्चने [illegible] लोष्टे वा उभयोः समदर्शनम् ॥ ६ ॥

आत्मनि श्रेयसि ज्ञाने धीरं निश्चितनिश्चयम् ।
परावरज्ञं भूतानां सर्वज्ञं समदर्शनम् ॥ ७ ॥
(भक्तं भागवतं नित्यं नारायणपरायणम् ।
ध्यायन्तं परमात्मानं हिरण्यकशिपोः सुतम् ॥)
[illegible] प्रह्लादमासीनमेकान्ते संयतेन्द्रियम् ।
बुभुत्समानस्तत्प्रज्ञामभिगम्येदमब्रवीत् ॥ ८ ॥

प्रह्लादजीके मनमें किसी विषयके प्रति आसक्ति नहीं थी । उनके सारे पाप धुल गये थे । वे कुलीन और बहुश्रुत विद्वान् थे । वे गर्व और अहंकारसे रहित थे । वे धर्मकी मर्यादाके पालनमें तत्पर और शुद्ध सत्त्वगुणमें स्थित रहते थे । निन्दा और स्तुतिको समान समझते, मन और इन्द्रियोंको काबूमें रखते और एकान्त स्थानमें निवास करते थे । उन्हें चराचर प्राणियोंकी उत्पत्ति और विनाशका ज्ञान था । अप्रियकी प्राप्तिमें क्रोधयुक्त तथा प्रियकी प्राप्ति होनेपर हर्षयुक्त नहीं होते थे। मिट्टीके ढेले और सुवर्ण दोनोंमें उनकी समानदृष्टि थी । वे ज्ञानस्वरूप कल्याणमय परमात्माके ध्यानमें स्थित और धीर थे । उन्हें परमात्मतत्त्वका पूर्ण निश्चय हो गया था । उन्हें परावरस्वरूप ब्रह्मका पूर्ण ज्ञान था। वे सर्वज्ञ, सम्पूर्णभूत-प्राणियोंमें समदर्शी एवं जितेन्द्रिय थे । वे भगवान् नारायणके प्रिय भक्त और सदा उन्हींके चिन्तनमें तत्पर रहनेवाले थे । हिरण्यकशिपुनन्दन प्रह्लादजीको एकान्तमें बैठकर परमात्मा श्रीहरिका ध्यान करते देख इन्द्र उनकी बुद्धि और विचारको जाननेकी इच्छासे उनके निकट आकर [illegible] प्रकार बोले—॥ ४—८ ॥

यैः कश्चित् सम्मतो लोके गुणैः स्यात् पुरुषो नृषु ।
भवत्यनपगान् सर्वांस्तान् गुणाँल्लक्षयामहे ॥ ९ ॥

'दैत्यराज ! संसारमें जिन गुणोंको पाकर कोई भी पुरुष सम्मानित हो सकता है, उन सबको [illegible] आपके भीतर स्थिरभावसे स्थित देखता हूँ ॥ ९ ॥

अथ ते लक्ष्यते बुद्धिः समा बालजनैरिह ।
आत्मानं मन्यमानः सन् श्रेयः किमिह मन्यसे ॥ १० ॥

'आपकी बुद्धि बालकोंके समान राग-द्वेषसे रहित दिखायी देती है । आप आत्माका अनुभव करते हैं, इसीलिये आपकी ऐसी स्थिति है; अतः मैं पूछता हूँ कि इस जगत्में [illegible] किसको आत्मज्ञानका सर्वश्रेष्ठ [illegible] मानते हैं ? ॥ १० ॥

बद्धः पाशैश्च्युतः स्थानाद् द्विषतां वशमागतः ।
श्रिया विहीनः प्रह्लाद शोचितव्ये न शोचसि ॥ ११ ॥

'आप रस्सियोंसे बाँधे गये, अपने राज्यसे भ्रष्ट हुए और शत्रुओंके वशमें पड़ गये थे । आप अपनी राज्यलक्ष्मीसे वञ्चित हो गये । प्रह्लादजी ! ऐसी शोचनीय स्थितिमें पड़ जानेपर भी आप शोक नहीं कर रहे हैं ? ॥ ११ ॥

प्रज्ञालाभात् [illegible] दैतेय उताहो धृतिमत्तया ।
प्रह्लाद सुस्थरूपोऽसि पश्यन् व्यसनमात्मनः ॥ १२ ॥

'प्रह्लादजी ! आप अपने ऊपर संकट आया देखकर भी निश्चिन्त कैसे हैं ? दैत्यराज ! आपकी यह स्थिति आत्मज्ञानके कारण है या धैर्यके कारण ?' ॥ १२ ॥

इति संचोदितस्तेन धीरो निश्चितनिश्चयः ।
उवाच श्लक्ष्णया वाचा स्वां प्रज्ञामनुवर्णयन् ॥ १३ ॥

इन्द्रके [illegible] प्रकार पूछनेपर परमात्मतत्त्वको निश्चितरूपसे जाननेवाले धीरबुद्धि प्रह्लादजीने अपने ज्ञानका वर्णन करते हुए मधुर वाणीमें कहा ॥ १३ ॥

प्रह्लाद उवाच

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च भूतानां यो न बुद्ध्यते ।
तस्य स्तम्भो भवेद् बाल्यान्नास्ति स्तम्भोऽनुपश्यतः ॥ १४ ॥

प्रह्लादजी बोले—देवराज ! जो प्राणियोंकी प्रवृत्ति और निवृत्तिको नहीं जानता, उसीको अविवेकके कारण स्तम्भ (जड़ता या मोह) होता है । जिसे आत्माका साक्षात्कार हो गया है, उसको कभी मोह नहीं होता ॥ १४ ॥

स्वभावात् सम्प्रवर्तन्ते निवर्तन्ते तथैव च ।
सर्वे [illegible] पुरुषार्थो न विद्यते ॥ १५ ॥

सब तरहके भाव और अभाव स्वभावसे ही आते-जाते रहते हैं । उसके लिये पुरुषका कोई प्रयत्न नहीं होता ॥ १५ ॥

पुरुषार्थस्य चाभावे नास्ति कश्चिच्च कारकः ।
स्वयं [illegible] कुर्वतस्तस्य जातु मानो भवेदिह ॥ १६ ॥

पुरुषका प्रयत्न न होनेसे कोई पुरुष कर्ता नहीं हो सकता; परंतु स्वयं कभी न करते हुए भी उसे इस जगत्में कर्तापनका अभिमान हो जाता है ॥ १६ ॥

यस्तु कर्तारमात्मानं मन्यते साध्वसाधु वा ।
[illegible] दोषवती [illegible] अतत्त्वज्ञेति मे मतिः ॥ १७ ॥

जो आत्माको शुभ [illegible] अशुभ कर्मोंका कर्ता मानता है, उसकी बुद्धि दोषसे युक्त और तत्त्वज्ञानसे रहित है—ऐसी मेरी मान्यता है ॥ १७ ॥

यदि स्यात् पुरुषः कर्ता शक्रात्मश्रेयसे ध्रुवम् ।
आरम्भास्तस्य सिद्ध्येयुर्न तु जातु पराभवेत् ॥ १८ ॥

इन्द्र ! यदि पुरुष ही कर्ता होता तो वह अपने कल्याणके लिये जो कुछ भी करता, उसके वे सारे कार्य अवश्य सिद्ध होते । उसे अपने प्रयत्नमें कभी पराभव नहीं [illegible] होता ॥

अनिष्टस्य हि निर्वृत्तिरनिर्वृत्तिः प्रियस्य च ।
लक्ष्यते यतमानानां पुरुषार्थस्ततः कुतः ॥ १९ ॥

परंतु देखा यह जाता है कि इष्टसिद्धिके लिये प्रयत्न करनेवालोंको अनिष्टकी भी प्राप्ति होती है और इष्टकी सिद्धिसे वे वञ्चित रह जाते हैं; अतः पुरुषार्थकी प्रधानता कहाँ रही ? ॥ १९ ॥

अनिष्टस्याभिनिर्वृत्तिमिष्टसंवृत्तिमेव च ।
अप्रयत्नेन पश्यामः केषाञ्चित् तत्स्वभावतः ॥ २० ॥

कितने ही प्राणियोंको बिना किसी प्रयत्नके ही हमलोग अनिष्टकी प्राप्ति और इष्टका निवारण होते देखते हैं। यह [illegible] स्वभावसे ही होती है ॥ २० ॥

प्रतिरूपतराः केचिद् दृश्यन्ते बुद्धिमत्तराः।
विरूपेभ्योऽल्पबुद्धिभ्यो लिप्समाना धनागमम्॥ २१ ॥

कितने ही सुन्दर और अत्यन्त बुद्धिमान् पुरुष भी कुरूप और अल्पबुद्धि मनुष्योंसे धन पानेकी आशा करते देखे जाते हैं ॥ २१ ॥

स्वभावप्रेरिताः सर्वे निविशन्ते गुणा यदा।
शुभाशुभास्तदा तत्र [illegible] किं मानकारणम् ॥ २२ ॥

[illegible] शुभ और अशुभ सभी प्रकारके गुण स्वभावकी ही प्रेरणासे प्राप्त होते हैं, तब किसीको भी उनपर अभिमान करनेका [illegible] कारण है ? ॥ २२ ॥

स्वभावादेव तत्सर्वमिति मे निश्चिता मतिः।
आत्मप्रतिष्ठा प्रज्ञा वा मम नास्ति ततोऽन्यथा ॥ २३ ॥

मेरी तो यह निश्चित धारणा है कि स्वभावसे ही सब [illegible] प्राप्त होता है। मेरी आत्मनिष्ठ बुद्धि भी इसके विपरीत विचार नहीं रखती ॥ २३ ॥

कर्मजं त्विह मन्यन्ते फलयोगं शुभाशुभम्।
कर्मणां विषयं कृत्स्नमहं वक्ष्यामि तच्छृणु ॥ २४ ॥

यहाँपर जो शुभ और अशुभ फलकी प्राप्ति होती है, उसमें लोग कर्मको ही कारण मानते हैं; अतः मैं तुमसे कर्मके विषयका ही पूर्णतया वर्णन करता हूँ, सुनो ॥ २४ ॥

यथा वेदयते कश्चिदोदनं वायसो वदन्।
एवं सर्वाणि कर्माणि स्वभावस्यैव लक्षणम् ॥ २५ ॥

[illegible] कोई कौआ कहीं गिरे हुए भातको खाते [illegible] काँव-काँव करके अन्य काकोंको यह जता देता है कि यहाँ अन्न है, उसी [illegible] समस्त कर्म अपने स्वभावको ही सूचित करनेवाले हैं ॥ २५ ॥

विकारानेव यो वेद न वेद प्रकृतिं पराम्।
तस्य स्तम्भो भवेद् बाल्यान्नास्ति स्तम्भोऽनुपश्यतः ॥२६॥

जो विकारों (कार्यों) को ही जानता है, उनकी परम प्रकृति (स्वभाव) को नहीं जानता, उसीको अविवेकके कारण मोह [illegible] अभिमान होता है। जो इस बातको ठीक-ठीक [illegible] है, उसे मोह नहीं होता ॥ २६ ॥

स्वभावभाविनो भावान् सर्वानेवेह निश्चयात्।
बुद्ध्यमानस्य दर्पो वा मानो वा किं करिष्यति ॥ [illegible] ॥

सभी भाव स्वभावसे ही [illegible] होते हैं। इस बातको जो निश्चितरूपसे जान लेता है, उसका दर्प या अभिमान [illegible] बिगाड़ [illegible] है ? ॥ २७ ॥

वेद धर्मविधिं कृत्स्नं भूतानां चाप्यनित्यताम्।
तस्माच्छक्र न शोचामि सर्वं ह्येवेदमन्तवत् ॥ २८ ॥

इन्द्र ! मैं धर्मकी पूरी-पूरी विधि तथा सम्पूर्ण भूतोंकी अनित्यताको जानता [illegible]। इसलिये, 'यह [illegible] नाशवान् है' ऐसा समझकर किसीके लिये शोक नहीं करता ॥ २८ ॥

निर्ममो निरहंकारो निराशीर्मुक्तबन्धनः।
स्वस्थो व्यपेतः पश्यामि भूतानां प्रभवाप्ययौ ॥ २९ ॥

ममता, अहङ्कार तथा कामनाओंसे शून्य और [illegible] प्रकारके बन्धनोंसे रहित हो आत्मनिष्ठ एवं [illegible] रहकर मैं प्राणियोंकी उत्पत्ति और विनाशको सदा देखता रहता हूँ ॥

कृतप्रज्ञस्य दान्तस्य वितृष्णस्य निराशिषः।
नायासो विद्यते [illegible] पश्यतो लोकमव्ययम् ॥ ३० ॥

इन्द्र ! [illegible] शुद्ध-बुद्धि तथा मन और इन्द्रियोंको अपने अधीन करके स्थित हूँ। [illegible] तृष्णा और कामनासे रहित हूँ और सदा अविनाशी आत्मापर ही दृष्टि [illegible] हूँ, इसलिये मुझे कभी कष्ट नहीं होता ॥ ३० ॥

प्रकृतौ च विकारे च न [illegible] प्रीतिर्न च द्विषे।
द्वेष्टारं च न पश्यामि यो मामद्य ममायते ॥ ३१ ॥

प्रकृति और उसके कार्योंके प्रति मेरे मनमें न तो राग है, न द्वेष। मैं किसीको न [illegible] द्वेषी [illegible] हूँ और न आत्मीय ही मानता हूँ ॥ ३१ ॥

नोर्ध्वं नावाङ् न तिर्यक् च न क्वचिच्छक्र कामये।
न हि ज्ञेये न विज्ञाने न ज्ञाने कर्म विद्यते ॥ ३२ ॥

इन्द्र ! मुझे ऊपर (स्वर्गकी), नीचे (पातालकी) [illegible] बीचके लोक (मर्त्यलोक) की भी कभी [illegible] नहीं होती। ज्ञान-विज्ञान और ज्ञेयके निमित्त भी मेरे लिये कोई कर्म [illegible] नहीं है ॥ ३२ ॥

[illegible] उवाच

येनैषा लभ्यते प्रज्ञा येन शान्तिरवाप्यते।
प्रब्रूहि तमुपायं मे सम्यक् प्रह्राद पृच्छतः ॥ ३३ ॥

इन्द्रने कहा—प्रह्लादजी ! जिस उपायसे ऐसी बुद्धि और इस तरहकी शान्ति प्राप्त होती है, उसे पूछता हूँ। आप मुझे अच्छी तरह उसे बताइये ॥ ३३ ॥

प्रह्राद उवाच

आर्जवेनाप्रमादेन प्रसादेनात्मवत्तया।
वृद्धशुश्रूषया शक्र पुरुषो लभते महत् ॥ ३४ ॥

प्रह्लादने कहा—इन्द्र ! सरलता, सावधानी, बुद्धिकी निर्मलता, चित्तकी स्थिरता तथा बड़े-बूढ़ोंकी सेवा करनेसे पुरुषको महत्-पदकी प्राप्ति होती है ॥ ३४ ॥

स्वभावाल्लभते प्रज्ञां शान्तिमेति स्वभावतः।
स्वभावादेव तत्सर्वं यत्किंचिदनुपश्यसि ॥ ३५ ॥

इन गुणोंको अपनानेपर स्वभावसे ही ज्ञान होता है, स्वभावसे ही शान्ति मिलती है तथा जो कुछ भी तुम देख रहे हो, सब स्वभावसे ही प्राप्त होता है ॥ ३५ ॥

इत्युक्तो दैत्यपतिना शक्रो विस्मयमागमत्।
प्रीतिमांश्च तदा राजंस्तद्वाक्यं प्रत्यपूजयत् ॥ ३६ ॥

राजन्! दैत्यराज प्रह्लादके इस प्रकार कहनेपर इन्द्रको बड़ा विस्मय हुआ। उन्होंने बहुत प्रसन्न होकर उनके वचनोंकी प्रशंसा की ॥ ३६ ॥

तदाभ्यर्च्य दैत्येन्द्रं त्रैलोक्यपतिरीश्वरः।
असुरेन्द्रमुपामन्त्र्य जगाम स्वं निवेशनम् ॥ ३७ ॥

इतना ही नहीं, त्रिलोकीनाथ देवेश्वर इन्द्रने उस समय दैत्यों और असुरोंके स्वामी प्रह्लादका पूजन किया और उनकी आज्ञा लेकर वे अपने निवासस्थान स्वर्गलोकको चले गये ॥ ३७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शक्रप्रह्लादसंवादो नाम द्वाविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २२२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें इन्द्र और प्रह्लादका संवादनामक दो सौ बाईसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥२२२॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठके ४५½ श्लोक मिलाकर कुल ८२½ श्लोक हैं)

त्रयोविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

इन्द्र और बलिका संवाद—इन्द्रके आक्षेपयुक्त वचनोंका बलिके द्वारा कठोर प्रत्युत्तर

युधिष्ठिर उवाच

यथा बुद्ध्या महीपालो भ्रष्टश्रीर्विचरेन्महीम्।
कालदण्डविनिष्पिष्टस्तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! जो राजलक्ष्मीसे भ्रष्ट हो गया हो और कालके दण्डसे पिस गया हो, वह भूपाल किस बुद्धिसे इस पृथ्वीपर विचरे, यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
वासवस्य च संवादं बलेर्वैरोचनस्य च ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! इस विषयमें जानकार मनुष्य विरोचनकुमार बलि और इन्द्रके संवादरूप एक प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं ॥ २ ॥

पितामहमुपागम्य प्रणिपत्य कृताञ्जलिः।
सर्वानेवासुरान् जित्वा बलिं पप्रच्छ वासवः ॥ ३ ॥

एक समय इन्द्र समस्त असुरोंपर विजय पाकर पितामह ब्रह्माजीके पास गये और हाथ जोड़ प्रणाम करके उन्होंने पूछा—'भगवन्! बलि कहाँ रहता है?' ॥ ३ ॥

यस्य स्म ददतो वित्तं न कदाचन हीयते।
तं बलिं नाधिगच्छामि ब्रह्मन्नाचक्ष्व मे बलिम् ॥ ४ ॥

'ब्रह्मन्! जिसके दान देते समय उसके धनका भण्डार कभी खाली नहीं होता था, उस राजा बलिको मैं ढूँढ़नेपर भी नहीं पा रहा हूँ। आप मुझे बलिका पता बताइये ॥ ४ ॥

स वायुर्वरुणश्चैव स रविः स च चन्द्रमाः।
सोऽग्निस्तपति भूतानि जलं च स भवत्युत ॥ ५ ॥
तं बलिं नाधिगच्छामि ब्रह्मन्नाचक्ष्व मे बलिम्।

'वह राजा बलि ही वायु बनकर चलता, वरुण बनकर वर्षा करता, सूर्य और चन्द्रमा बनकर प्रकाश करता, अग्नि बनकर समस्त प्राणियोंको ताप देता तथा जल बनकर सबकी प्यास बुझाता था, उसी राजा बलिको मैं कहीं नहीं पा रहा हूँ। ब्रह्मन्! आप मुझे बलिका पता बताइये ॥५½॥

स एव ह्यस्तमयते स स्म विद्योतते दिशः ॥ ६ ॥
स वर्षति स्म वर्षाणि यथाकालमतन्द्रितः।
तं बलिं नाधिगच्छामि ब्रह्मन्नाचक्ष्व मे बलिम् ॥ ७ ॥

'वही यथासमय आलस्य छोड़कर सम्पूर्ण दिशाओंमें प्रकाशित होता, वही अस्त होता और वही वर्षा करता था। ब्रह्मन्! उस बलिको मैं ढूँढ़नेपर भी नहीं पा रहा हूँ। आप मुझे राजा बलिका पता बताइये ॥ ६-७ ॥

ब्रह्मोवाच

नैतत् ते साधु मघवन् यदेनमनुपृच्छसि।
पृष्टस्तु नानृतं ब्रूयात् तस्माद् वक्ष्यामि ते बलिम् ॥ ८ ॥

ब्रह्माजीने कहा—मघवन्! यह तुम्हारे लिये अच्छी बात नहीं है कि तुम मुझसे बलिका पता पूछ रहे हो। पूछनेपर झूठ नहीं बोलना चाहिये, इसलिये मैं तुमसे बलिका पता बता रहा हूँ ॥ ८ ॥

उष्ट्रेषु यदि वा गोषु खरेष्वश्वेषु वा पुनः।
वरिष्ठो भविता जन्तुः शून्यागारे शचीपते ॥ ९ ॥

शचीपते! किसी शून्य घरमें ऊँट, गौ, गर्दभ अथवा अश्वजातिके पशुओंमें जो श्रेष्ठ जीव उपलब्ध हो, उसे बलि समझो ॥ ९ ॥

शक्र उवाच

यदि स्म बलिना ब्रह्मञ्शून्यागारे समेयिवान्।
हन्यामेनं न वा हन्यां तद् ब्रह्मन्ननुशाधि माम् ॥ १० ॥

इन्द्रने पूछा—ब्रह्मन्! यदि किसी एकान्त गृहमें राजा बलिसे मेरी भेंट हो जाय तो मैं उन्हें मार डालूँ या न मारूँ, यह मुझे बतावें ॥ १० ॥

ब्रह्मोवाच

मा स्म शक्र बलिं हिंसीर्न बलिर्वधमर्हति ।
न्यायस्तु शक्र [illegible] वासव काम्यया ॥ ११ ॥

ब्रह्माजीने कहा—इन्द्र ! [illegible] बलिका वध न करना, बलि वधके योग्य नहीं है । [illegible] ! तुम उनसे इच्छानुसार न्यायोचित व्यवहारके विषयमें प्रश्न [illegible] सकते हो ॥ ११ ॥

भीष्म उवाच

एवमुक्तो भगवता महेन्द्रः पृथिवीं तदा ।
चचारैरावतस्कन्धमधिरुह्य श्रिया वृतः ॥ १२ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! भगवान् ब्रह्माजीके इस [illegible] आदेश देनेपर देवराज इन्द्र ऐरावतकी पीठपर सवार हो राजलक्ष्मीसे सुशोभित होते हुए पृथ्वीपर विचरने लगे ॥१२॥

ततो ददर्श स बलिं खरवेषेण संवृतम् ।
यथाऽऽख्यातं भगवता शून्यागारकृतालयम् ॥ १३ ॥

तदनन्तर उन्होंने भगवान् ब्रह्माके बताये अनुसार एक शून्य घरमें निवास करनेवाले राजा बलिको देखा, जिन्होंने गर्दभके वेषमें अपने आपको छिपा रखा था ॥ १३ ॥

शक्र उवाच

खरयोनिमनुप्राप्तस्तुषभक्षोऽसि दानव ।
इयं ते योनिरधमा शोचस्याहो न शोचसि ॥ १४ ॥

इन्द्र बोले—दानव ! तुम गदहेकी योनिमें पड़कर भूसी खा रहे हो । यह नीच योनि तुम्हें [illegible] हुई है । इसके लिये तुम्हें शोक होता है या नहीं ? ॥ १४ ॥

अदृष्टं बत पश्यामि द्विषतां वशमागतम् ।
श्रिया विहीनं मित्रैश्च भ्रष्टवीर्यपराक्रमम् ॥ १५ ॥

आज तुम्हारी ऐसी [illegible] देख [illegible] हूँ, जो पहले कभी नहीं देखी गयी थी । तुम शत्रुओंके वशमें पड़ गये हो । राजलक्ष्मी तथा मित्रोंसे हीन हो गये हो [illegible] तुम्हारा बल-पराक्रम नष्ट हो गया है ॥ १५ ॥

यत् तद् यानसहस्रैस्त्वं ज्ञातिभिः परिवारितः ।
लोकान् प्रतापयन् सर्वान् यास्यस्मानवितर्कयन् ॥ १६ ॥

पहले तुम अपने सहस्रों वाहनों और सजातीय बन्धुओंसे घिरकर [illegible] लोगोंको ताप देते और हम देवताओंको कुछ न समझते हुए यात्रा करते [illegible] ॥ १६ ॥

त्वन्मुखाश्चैव दैतेया व्यतिष्ठंस्तव शासने ।
अकृष्टपच्या च मही तवैश्वर्ये बभूव ह ॥ १७ ॥
इदं च तेऽद्य व्यसनं शोचस्याहो न शोचसि ।

सब दैत्य तुम्हारा मुँह जोहते हुए तुम्हारे [illegible] शासनमें रहते थे । तुम्हारे राज्यमें पृथ्वी बिना जोते-बोये ही [illegible] पैदा करती थी । परंतु [illegible] तुम्हारे ऊपर यह सङ्कट [illegible] पहुँचा है । इसके लिये तुम शोक करते हो या नहीं ? ॥१७½॥

यदाऽऽतिष्ठः समुद्रस्य पूर्वकूले विलेलिहन् ॥ १८ ॥
ज्ञातीन् विभजतो वित्तं तदाऽऽसीत् ते मनः कथम् ।

जिस [illegible] तुम समुद्रके पूर्वतटपर विविध भोगोंका [illegible] करते हुए निवास करते थे और अपने भाई-बन्धुओंको धन बाँटते थे, उस समय तुम्हारे मनकी अवस्था कैसी रही होगी ? ॥ १८½ ॥

यत् ते सहस्रसमिता ननृतुर्देवयोषितः ॥ १९ ॥
बहूनि वर्षपूगानि विहारे दीप्यतः श्रिया ।
सर्वाः पुष्करमालिन्यः सर्वाः काञ्चनसप्रभाः ॥ २० ॥
[illegible] तदा चैव मनस्ते दानवेश्वर ।

तुमने बहुत वर्षोंतक राजलक्ष्मीसे सुशोभित हो विहारमें समय बिताया है । [illegible] सुवर्णकी-सी कान्तिवाली सहस्रों देवाङ्गनाएँ जो सब-की-सब पद्ममालाओंसे अलंकृत होती थीं, तुम्हारे सामने नृत्य किया करती थीं । दानवराज ! उन दिनों तुम्हारे मनकी क्या अवस्था थी और अब कैसी है ? ॥

छत्रं तवासीत् सुमहत् सौवर्णं रत्नभूषितम् ॥ २१ ॥
ननृतुस्तत्र गन्धर्वाः षट् सहस्राणि [illegible] ।

एक समय था, जब कि तुम्हारे ऊपर सोनेका बना हुआ रत्नभूषित विशाल [illegible] तना रहता था और [illegible] हजार गन्धर्व [illegible] स्वरोंमें गीत गाते हुए तुम्हारे सम्मुख अपनी नृत्य-कलाका प्रदर्शन करते थे ॥ २१½ ॥

यूपस्तवासीत् सुमहान् [illegible] सर्वकाञ्चनः ॥ २२ ॥
यत्राददः सहस्राणि अयुतानां गवां दश ।
अनन्तरं सहस्रेण तदाऽऽसीद् दैत्य का मतिः ॥ २३ ॥

यज्ञ करते [illegible] तुम्हारे यज्ञमण्डपका अत्यन्त विशाल मध्यवर्ती खम्भ पूरा-का-पूरा सोनेका बना हुआ होता था । जिस [illegible] तुम निरन्तर दस-दस करोड़ गौओंका सहस्रों बार दान किया करते थे, दैत्यराज ! उस समय तुम्हारे मनमें कैसे विचार उठते रहे होंगे ? ॥ २२-२३ ॥

[illegible] च पृथिवीं सर्वां यजमानोऽनुपर्यगाः ।
शम्याक्षेपेण विधिना तदाऽऽसीत् किं नु ते हृदि ॥ २४ ॥

[illegible] तुमने शम्याक्षेप[1]की विधिसे यज्ञ करते हुए सारी पृथ्वीकी परिक्रमा की थी, उस समय तुम्हारे हृदयमें कितना उत्साह रहा होगा ? ॥ २४ ॥

न ते पश्यामि भृङ्गारं न च्छत्रं व्यजने न च ।
ब्रह्मदत्तां च ते मालां [illegible] पश्याम्यसुराधिप ॥ २५ ॥

असुरराज ! [illegible] तो मैं तुम्हारे [illegible] न तो सोनेकी झारी,

1. शम्याक्षेप कहते [illegible] शम्यापातको । 'शम्या' एक ऐसे काठके डंडेको कहते हैं, जिसका निचला भाग मोटा होता है । उसे जब कोई बलवान् पुरुष उठाकर जोरसे फेंके, तब जितनी दूरीपर जाकर वह गिरे, उतने भूभागको एक 'शम्यापात' कहते हैं ।

न [illegible] और न चँवर ही देखता हूँ तथा ब्रह्माजीकी दी हुई वह दिव्य माला भी तुम्हारे गलेमें नहीं दिखायी देती है ॥

(भीष्म उवाच

ततः प्रहस्य स बलिर्वासवेन समीरितम् ।
निशम्य भावगम्भीरं सुरराजमथाब्रवीत् ॥

भीष्मजी कहते हैं--युधिष्ठिर ! इन्द्रकी कही हुई वह भावगम्भीर वाणी सुनकर राजा बलि हँस पड़े और देवराजसे इस प्रकार बोले ॥

बलिरुवाच

अहो हि तव बालिश्यमिह देवगणाधिप ।
अयुक्तं देवराजस्य [illegible] कष्टमिदं वचः ॥)

बलिने कहा--देवेश्वर ! यहाँ तुमने जो मूर्खता दिखायी है, वह मेरे लिये आश्चर्यजनक है । तुम देवताओंके [illegible] हो । इस तरह दूसरोंको कष्ट देनेवाली [illegible] कहना तुम्हारे लिये योग्य नहीं है ॥

[illegible] त्वं पश्यसि भृङ्गारं न च्छत्रं व्यजने न च ।
ब्रह्मदत्तां च मे मालां न त्वं द्रक्ष्यसि वासव ॥ २६ ॥

इन्द्र ! इस समय तुम मेरी सोनेकी झारीको, मेरे [illegible] और चँवरको तथा ब्रह्माजीकी दी हुई मेरी उस दिव्य मालाको भी नहीं देख सकोगे ॥ २६ ॥

गुहायां निहितानि त्वं मम रत्नानि पृच्छसि ।
यदा मे भविता कालस्तदा त्वं तानि द्रक्ष्यसि ॥ २७ ॥

तुम मेरे जिन रत्नोंके विषयमें पूछ रहे हो, वे सब गुफामें छिपा दिये गये हैं । जब मेरे लिये अच्छा समय आयेगा, तब तुम फिर उन्हें देखोगे ॥ २७ ॥

[illegible] त्वेतदनुरूपं ते यशसो वा कुलस्य च ।
समृद्धार्थोऽसमृद्धार्थं यन्मां कत्थितुमिच्छसि ॥ २८ ॥

इस समय तुम समृद्धिशाली हो और मेरी समृद्धि छिन गयी है, ऐसी अवस्थामें जो तुम मेरे सामने अपनी प्रशंसाके गीत गाना चाहते हो, यह तुम्हारे कुल और यशके अनुरूप नहीं है ॥ २८ ॥

न हि दुःखेषु शोचन्ते न प्रहृष्यन्ति चर्द्धिषु ।
कृतप्रज्ञा ज्ञानतृप्ताः क्षान्ताः सन्तो मनीषिणः ॥ २९ ॥

जिसकी बुद्धि शुद्ध है तथा जो ज्ञानसे [illegible] हैं, वे [illegible] शील मनीषी सत्पुरुष दुःख पड़नेपर शोक नहीं करते और समृद्धि प्राप्त होनेपर हर्षसे फूल नहीं उठते हैं ॥ २९ ॥

त्वं [illegible] प्राकृतया बुद्ध्या पुरन्दर विकत्थसे ।
यदाहमिव भावी स्यास्तदा नैवं वदिष्यसि ॥ ३० ॥

पुरन्दर ! तुम अपनी अशुद्धि बुद्धिके कारण मेरे सामने आत्मप्रशंसा [illegible] रहे हो । जब मेरी-जैसी स्थिति तुम्हारी भी हो जायगी, तब ऐसी बात नहीं बोल सकोगे ॥ ३० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि बलिवासवसंवादो [illegible] त्रयोविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २२३ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें बलि और इन्द्रका संवाद नामक दो सौ तेईसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥२२३॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठके २ श्लोक मिलाकर कुल ३२ श्लोक हैं)

चतुर्विंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

बलि और इन्द्रका संवाद, बलिके द्वारा कालकी [illegible] प्रतिपादन करते हुए इन्द्रको फटकारना

भीष्म उवाच

पुनरेव तु तं [illegible] प्रहसन्निदमब्रवीत् ।
निःश्वसन्तं यथा नागं प्रव्याहाराय भारत ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं--भारत ! ऐसा कहकर सर्पके समान फुफकारते हुए बलिसे इन्द्रने पुनः अपना उत्कर्ष सूचित करनेके लिये हँसते हुए कहा ॥ १ ॥

शक्र उवाच

यत् तद् यानसहस्रेण ज्ञातिभिः परिवारितः ।
लोकान् प्रतापयन् सर्वान् यास्यस्मानवितर्कयन् ॥ २ ॥
दृष्ट्वा सुकृपणां चेमामवस्थामात्मनो बले ।
ज्ञातिमित्रपरित्यक्तः शोचस्याहो [illegible] शोचसि ॥ ३ ॥

इन्द्र बोले--दैत्यराज बलि ! पहले जो तुम सहस्रों वाहनों और भाई बन्धुओंसे घिरकर सम्पूर्ण लोकोंको संताप देते और हम देवताओंको [illegible] न समझते हुए यात्रा करते थे और अब बन्धु बान्धवों तथा मित्रोंसे परित्यक्त होकर जो अपनी यह अत्यन्त दीनदशा देख रहे हो, इससे तुम्हारे मनमें शोक होता है या नहीं ? ॥ २-३ ॥

प्रीतिं प्राप्यातुलां पूर्वं लोकांश्चात्मवशे स्थितान् ।
विनिपातमिमं बाह्यं शोचस्याहो न शोचसि ॥ ४ ॥

पूर्वकालमें तुमने सम्पूर्ण लोकोंको अपने अधीन [illegible] लिया था और अनुपम प्रसन्नता प्राप्त की थी; किंतु इस समय [illegible] जगत्में तुम्हारा यह घोर पतन हुआ है, यह [illegible] सोचकर तुम्हारे मनमें शोक होता है या नहीं ? ॥ ४ ॥

बलिरुवाच

अनित्यमुपलक्ष्येह कालपर्यायधर्मतः ।
तस्माच्छक्र [illegible] शोचामि सर्वं ह्येवेदमन्तवत् ॥ ५ ॥

बलिने कहा--इन्द्र ! कालचक्र स्वभावसे ही परिवर्तनशील है, उसके द्वारा यहाँकी प्रत्येक वस्तुको मैं अनित्य

समझता हूँ, इसीलिये कभी शोक नहीं करता हूँ; क्योंकि [illegible] सारा जगत् विनाशशील है ॥ ५ ॥

अन्तवन्त इमे देहा भूतानां च सुराधिप ।
तेन शक्र न शोचामि नापराधादिदं मम ॥ ६ ॥

देवेश्वर ! प्राणियोंके ये सारे शरीर अन्तवान् हैं; इसलिये [illegible] कभी शोक नहीं करता हूँ । यह गर्दभका शरीर भी मुझे किसी अपराधसे नहीं प्राप्त हुआ है (मैंने इसे स्वेच्छासे ग्रहण किया है) ॥ ६ ॥

जीवितं च शरीरं च जात्यैव सह जायते ।
उभे सह विवर्धेते उभे सह विनश्यतः ॥ [illegible] ॥

जीवन और शरीर दोनों जन्मके साथ ही उत्पन्न होते हैं, साथ ही बढ़ते हैं और साथ ही नष्ट हो जाते हैं ॥ ७ ॥

न हीदृशमहं भावमवशः प्राप्य केवलम् ।
यद्येवमभिजानामि का व्यथा मे विजानतः ॥ ८ ॥

[illegible] इस गर्दभ-शरीरको पाकर भी विवश नहीं हुआ हूँ । जब [illegible] इस प्रकार देहकी अनित्यता और आत्माकी असङ्गता-को जानता हूँ, तब यह जानते हुए मुझे क्या व्यथा हो सकती है ? ॥ ८ ॥

भूतानां निधनं निष्ठा स्रोतसामिव [illegible] ।
नैतत् सम्यग्विजानन्तो नरा मुह्यन्ति वज्रभृत् ॥ ९ ॥

वज्रधारी इन्द्र ! जैसे जलके प्रवाहोंका अन्तिम [illegible] समुद्र है, उसी प्रकार शरीरधारियोंकी अन्तिम गति मृत्यु है । जो पुरुष इस बातको अच्छी तरह जानते हैं, वे कभी मोहमें नहीं पड़ते हैं ॥ ९ ॥

ये त्वेवं नाभिजानन्ति रजोमोहपरायणाः ।
[illegible] कृच्छ्रं प्राप्य सीदन्ति बुद्धिर्येषां प्रणश्यति ॥ १० ॥

जो लोग रजोगुण (काम-क्रोध) और मोहके वशीभूत हो इस बातको भलीभाँति नहीं जानते हैं तथा जिनकी बुद्धि [illegible] हो जाती है, वे सङ्कटमें पड़नेपर बहुत दुखी होते हैं ॥

बुद्धिलाभात् [illegible] पुरुषः सर्वं नुदति किल्बिषम् ।
विपाप्मा लभते सत्त्वं सत्त्वस्थः सम्प्रसीदति ॥ ११ ॥

जिसे सद्‌बुद्धि प्राप्त होती है, वह पुरुष उस बुद्धिके द्वारा सारे पापोंको नष्ट कर देता है । पापहीन होनेपर उसे सत्त्वगुण-[illegible] प्राप्ति होती है और सत्त्वगुणमें स्थित होकर वह सात्त्विक प्रसन्नता प्राप्त कर लेता है ॥ १[illegible] ॥

ततस्तु ये निवर्तन्ते जायन्ते वा पुनः पुनः ।
कृपणाः परितप्यन्ते तैरर्थैरभिचोदिताः ॥ १२ ॥

जो मन्दबुद्धि मानव सत्त्वगुणसे [illegible] हो जाते हैं, वे बारंबार इस संसारमें जन्म लेते [illegible] तथा रजोगुणजनित काम, क्रोध आदि दोषोंसे प्रेरित होकर सदा सन्तप्त होते रहते हैं ॥

अर्थसिद्धिमनर्थं च जीवितं मरणं तथा ।
सुखदुःखफले चैव न द्वेष्मि न च कामये ॥ १३ ॥

[illegible] न तो अर्थसिद्धि, जीवन और सुखमय फलकी कामना [illegible] हूँ और न अनर्थ, मृत्यु एवं दुःखमय फलसे [illegible] ही [illegible] हूँ ॥ १३ ॥

हतं हन्ति हतो ह्येव यो नरो हन्ति कञ्चन ।
उभौ तौ न विजानीतो यश्च हन्ति हतश्च यः ॥ १४ ॥

जो मनुष्य किसीकी हत्या करता है, वह वास्तवमें स्वयं [illegible] हुआ होते हुए मरे हुएको ही मारता है । जो मारता है और जो मारा जाता है, वे दोनों ही आत्माको नहीं जानते हैं (क्योंकि [illegible] हननक्रियाका [illegible] तो कर्म है, न कर्ता) ॥

हत्वा जित्वा च मघवन् यः कश्चित् पुरुषायते ।
अकर्ता ह्येव भवति कर्ता ह्येव करोति तत् ॥ १५ ॥

मघवन् ! जो कोई किसीको मारकर या जीतकर अपने पौरुषपर गर्व करता है, वह वास्तवमें [illegible] पुरुषार्थका कर्ता ही नहीं है; क्योंकि जो जगत्‌का कर्ता, जो परमात्मा है, वही उस कर्मका भी कर्ता है ॥ १५ ॥

को हि लोकस्य कुरुते विनाशप्रभवावुभौ ।
कृतं हि तत् कृतेनैव कर्ता तस्यापि [illegible] ॥ १६ ॥

सम्पूर्ण जगत्‌का संहार और सृष्टि—इन दोनों कार्योंको कौन करता है ? वह सब प्राणियोंके कर्मोंद्वारा ही किया गया है और उसका भी प्रयोजक कोई और (ईश्वर) ही है ॥

पृथिवी ज्योतिराकाशमापो वायुश्च पञ्चमः ।
एतद्योनीनि भूतानि [illegible] का परिदेवना ॥ १७ ॥

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—ये ही सम्पूर्ण प्राणियोंके शरीरोंके कारण हैं; अतः उनके लिये शोक और विलापकी [illegible] आवश्यकता है ? ॥ १७ ॥

महाविद्योऽल्पविद्यश्च बलवान् दुर्बलश्च यः ।
दर्शनीयो विरूपश्च सुभगो दुर्भगश्च यः ॥ १८ ॥
सर्वं कालः समादत्ते गम्भीरः स्वेन तेजसा ।
तस्मिन् कालवशं प्राप्ते का व्यथा मे विजानतः ॥ १९ ॥

कोई बड़ा भारी विद्वान् हो या अल्पविद्यासे युक्त, बलवान् हो या दुर्बल, सुन्दर हो [illegible] कुरूप, सौभाग्यशाली हो [illegible] दुर्भाग्ययुक्त, गम्भीर [illegible] सबको अपने तेजसे ग्रहण कर लेता है; [illegible] उन सबके कालके अधीन हो जानेपर जगत्‌की क्षणभङ्गुरताको जाननेवाले मुझ बलिको क्या व्यथा हो सकती है ? [illegible] १८-१९ ॥

दग्धमेवानुदहति हतमेवानुहन्यते ।
नश्यते नष्टमेवाग्रे लब्धव्यं लभते नरः ॥ २० ॥

जो कालके द्वारा दग्ध हो चुका है, उसीको पीछेसे आग जलाती है । जिसे कालने पहलेसे ही मार डाला है, वही

किसी दूसरेके द्वारा मारा जाता है । जो पहलेसे ही नष्ट हो चुकी है, वही वस्तु किसीके द्वारा नष्ट की जाती है तथा जिसका मिलना पहलेसे ही निश्चित है, उसीको मनुष्य हस्तगत करता है ॥

नास्य द्वीपः कुतः पारो नावारः सम्प्रदृश्यते ।
नान्तमस्य प्रपश्यामि विधेर्दिव्यस्य चिन्तयन् ॥ २१ ॥

मैं बहुत सोचनेपर भी दिव्य विधाता कालका अन्त नहीं देख पाता हूँ । उस समुद्र-जैसे कालका कहीं द्वीप भी नहीं है, फिर पार कहाँसे प्राप्त हो सकता है ? उसका आर-पार कहीं नहीं दिखायी देता है ॥ २१ ॥

यदि मे पश्यतः कालो भूतानि न विनाशयेत् ।
स्यान्मे हर्षश्च दर्पश्च क्रोधश्चैव शचीपते ॥ २२ ॥

शचीपते ! यदि काल मेरे देखते-देखते समस्त प्राणियोंका विनाश नहीं करता तो मुझे हर्ष होता, अपनी शक्तिपर गर्व होता और उस क्रूर कालपर मुझे क्रोध भी होता ॥ २२ ॥

तुषभक्षं [illegible] मां ज्ञात्वा प्रविविक्तजने गृहे ।
बिभ्रतं गार्दभं रूपमागत्य परिगर्हसे ॥ २३ ॥

इस एकान्त गृहमें गर्दभका रूप धारण किये मुझे भूसी खाता जानकर तुम यहाँ आये हो और मेरी निन्दा करते हो ॥

इच्छन्नहं विकुर्यां हि रूपाणि बहुधाऽऽत्मनः ।
विभीषणानि यानीक्ष्य पलायेथास्त्वमेव मे ॥ २४ ॥

मैं चाहूँ तो अपने बहुत-से ऐसे भयानक रूप [illegible] सकता हूँ, जिन्हें देखकर तुम्हीं मेरे निकटसे भाग खड़े होओगे ॥

[illegible] सर्वं समादत्ते [illegible] सर्वं प्रयच्छति ।
कालेन विहितं सर्वं मा कृथाः [illegible] पौरुषम् ॥ २५ ॥

इन्द्र ! काल ही सबको ग्रहण [illegible] है, काल ही [illegible] कुछ देता है तथा कालने ही सब कुछ किया है; अतः अपने पुरुषार्थका गर्व न करो ॥ २५ ॥

पुरा सर्वं प्रव्यथितं मयि क्रुद्धे पुरंदर ।
अवैमि त्वस्य लोकस्य धर्मं [illegible] सनातनम् ॥ २६ ॥

पुरन्दर ! पूर्वकालमें मेरे कुपित होनेपर सारा जगत् व्यथित हो उठता था । इस लोककी कभी वृद्धि होती है और कभी ह्रास । यह इसका सनातन स्वभाव है । [illegible] ! [illegible] बातको मैं अच्छी तरह जानता हूँ ॥ २६ ॥

त्वमप्येवमवेक्षस्व माऽऽत्मना विस्मयं गमः ।
प्रभवश्च प्रभावश्च नात्मसंस्थः कदाचन ॥ २७ ॥

तुम भी जगत्को इसी दृष्टिसे देखो । अपने मनमें विस्मित न होओ । प्रभुता और प्रभाव अपने अधीन नहीं हैं ॥२७॥

कौमारमेव ते चित्तं तथैवाद्य यथा पुरा ।
समवेक्षस्व मघवन् बुद्धिं विन्दस्व नैष्ठिकीम् ॥ २८ ॥

तुम्हारा चित्त अभी बालकके समान है । वह जैसा पहले था, वैसा ही आज भी है । मघवन् ! इस बातकी ओर दृष्टिपात करो और नैष्ठिक बुद्धि प्राप्त करो ॥ २८ ॥

देवा मनुष्याः पितरो गन्धर्वोरगराक्षसाः ।
आसन् सर्वे मम वशे तत् सर्वं वेत्थ वासव ॥ २९ ॥

वासव ! एक दिन देवता, मनुष्य, पितर, गन्धर्व, नाग और राक्षस—ये सभी मेरे अधीन थे । वह [illegible] कुछ तुम जानते हो ॥ २९ ॥

नमस्तस्यै दिशेऽप्यस्तु यस्यां वैरोचनो बलिः ।
इति मामभ्यपद्यन्त बुद्धिमात्सर्यमोहिताः ॥ ३० ॥

मेरे शत्रु अपने बुद्धिगत द्वेषसे मोहित होकर मेरी शरण ग्रहण करते हुए ऐसा कहा करते थे कि विरोचनकुमार बलि जिस दिशामें हों, उस दिशाको भी हमारा नमस्कार है ॥३०॥

नाहं तदनुशोचामि नात्मभ्रंशं शचीपते ।
एवं मे निश्चिता बुद्धिः शास्तुस्तिष्ठाम्यहं वशे ॥ ३१ ॥

शचीपते ! मुझे अपने इस पतनके लिये तनिक भी शोक नहीं होता है, मेरी बुद्धिका ऐसा निश्चय है कि मैं सदा सबके शासक ईश्वरके वशमें हूँ ॥ ३१ ॥

दृश्यते हि कुले जातो दर्शनीयः प्रतापवान् ।
दुःखं जीवन् सहामात्यो भवितव्यं हि तत् तथा ॥३२॥

एक उच्चकुलमें उत्पन्न हुआ दर्शनीय एवं प्रतापी पुरुष अपने मन्त्रियोंके साथ दुःखपूर्वक जीवन बिताता देखा जाता है, उसका वैसा ही भवितव्य था ॥ ३२ ॥

दौष्कुलेयस्तथा मूढो दुर्जातः शक्र दृश्यते ।
सुखं जीवन् सहामात्यो भवितव्यं हि तत् तथा ॥ ३३ ॥

इन्द्र ! एक नीच कुलमें उत्पन्न हुआ मूढ मनुष्य जिसका जन्म दुराचारसे हुआ है, अपने मन्त्रियोंसहित सुखी जीवन बिताता देखा जाता है । उसकी भी वैसी ही होनहार समझनी चाहिये ॥ ३३ ॥

कल्याणी रूपसम्पन्ना दुर्भगा [illegible] दृश्यते ।
अलक्षणा विरूपा च सुभगा दृश्यते परा ॥ ३४ ॥

शक्र ! एक कल्याणमय आचार-विचार रखनेवाली सुरूपवती युवती विधवा हुई देखी जाती है और दूसरी कुलक्षणा और कुरूपा स्त्री सौभाग्यवती दिखायी देती है ॥

नैतदस्मत्कृतं [illegible] नैतच्छक्र त्वया कृतम् ।
यत् त्वमेवंगतो वज्रिन् यच्चाप्येवंगता वयम् ॥ ३५ ॥

वज्रधारी इन्द्र ! आज जो तुम इस तरह समृद्धिशाली हो गये हो और हमलोग जो ऐसी अवस्थामें पहुँच गये हैं, यह न तो हमारा किया हुआ है और न तुमने ही कुछ किया है ॥

न कर्म भविताप्येतत् कृतं मम शतक्रतो ।
ऋद्धिर्वाप्यथवा नर्द्धिः पर्यायकृतमेव तत् ॥ ३६ ॥

शतक्रतो ! इस समय [illegible] इस परिस्थितिमें हूँ और जो

कर्म मेरे इस शरीरसे हो रहा है, यह [illegible] मेरा किया हुआ नहीं है। समृद्धि और निर्धनता (प्रारब्धके अनुसार) बारी-बारीसे सबपर आती है॥३६॥

पश्यामि त्वां विराजन्तं देवराजमवस्थितम्।
श्रीमन्तं द्युतिमन्तं च गर्जमानं ममोपरि॥३७॥

[illegible] देखता हूँ, इस समय तुम देवराजके पदपर प्रतिष्ठित हो। अपने कान्तिमान् और तेजस्वी स्वरूपसे विराज रहे हो और मेरे ऊपर बारंबार गर्जना करते हो॥३७॥

एवं नैव न चेत् कालो मामाक्रम्य स्थितो भवेत्।
पातयेयमहं त्वाद्य सवज्रमपि मुष्टिना॥३८॥

परंतु यदि इस तरह काल मुझपर आक्रमण करके मेरे सिरपर सवार न होता तो मैं आज वज्र लिये होनेपर भी तुम्हें केवल मुक्केसे मारकर धरतीपर गिरा देता॥३८॥

न [illegible] विक्रमकालोऽयं शान्तिकालोऽयमागतः।
कालः स्थापयते सर्वं कालः पचति वै [illegible]॥३९॥

किंतु यह मेरे लिये पराक्रम प्रकट करनेका समय नहीं है; अपितु शान्त रहनेका समय आया है। काल ही सबको विभिन्न अवस्थाओंमें स्थापित करके सबका [illegible] करता है और काल ही सबको पकाता (क्षीण करता) है॥३९॥

मां चेदभ्यागतः कालो दानवेश्वरपूजितम्।
गर्जन्तं प्रतपन्तं च कमन्यं नागमिष्यति॥४०॥

एक दिन मैं दानवेश्वरोंद्वारा पूजित [illegible] और मैं भी गर्जता तथा अपना प्रताप सर्वत्र फैलाता था। जब मुझपर भी [illegible] आक्रमण हुआ है, तब दूसरे किसपर वह आक्रमण नहीं करेगा?॥४०॥

द्वादशानां [illegible] भवतामादित्यानां महात्मनाम्।
तेजांस्येकेन सर्वेषां देवराज धृतानि मे॥४१॥

देवराज! तुमलोग जो बारह महात्मा आदित्य कहलाते हो, उन सब लोगोंके तेज मैंने अकेले धारण कर रक्खे थे॥

अहमेवोद्वहाम्यापो विसृजामि च वासव।
तपामि चैव त्रैलोक्यं विद्योताम्यहमेव च॥४२॥

वासव! मैं ही सूर्य बनकर अपनी किरणोंद्वारा पृथ्वीका जल ऊपर उठाता और मेघ बनकर वर्षा करता था। [illegible] ही त्रिलोकीको ताप देता और विद्युत् बनकर प्रकाश फैलाता था॥४२॥

संरक्षामि विलुम्पामि ददाम्यहमथाददे।
संयच्छामि नियच्छामि लोकेषु प्रभुरीश्वरः॥४३॥

[illegible] प्रजाकी रक्षा करता [illegible] और लुटेरोंको लूट भी लेता [illegible]। मैं सदा दान देता और प्रजासे कर लेता था। [illegible] ही सम्पूर्ण लोकोंका शासक और प्रभु होकर सबको संयम-नियममें [illegible] था॥४३॥

तदद्य विनिवृत्तं मे प्रभुत्वममराधिप।
कालसैन्यावगाढस्य सर्वं न प्रतिभाति मे॥४४॥

अमरेश्वर! आज मेरी वह प्रभुता समाप्त हो गयी। कालकी सेनासे [illegible] आक्रान्त हो गया हूँ; अतः मेरा [illegible] सब ऐश्वर्य अब प्रकाशित नहीं हो रहा है॥४४॥

नाहं कर्ता न चैव त्वं नान्यः कर्ता शचीपते।
पर्यायेण हि भुज्यन्ते लोकाः शक्र यदृच्छया॥४५॥

शचीपति इन्द्र! न मैं कर्ता हूँ, न तुम कर्ता हो और न कोई दूसरा ही कर्ता है। [illegible] बारी-बारीसे अपनी इच्छाके अनुसार सम्पूर्ण लोकोंका उपभोग करता है॥४५॥

मासमासार्धवेश्मानमहोरात्राभिसंवृतम्।
ऋतुद्वारं वर्षमुखमाहुर्वेदविदो जनाः॥४६॥

वेदवेत्ता पुरुष कहते हैं कि मास और पक्ष कालके आवास (शरीर) हैं। दिन और [illegible] उसके आवरण (वस्त्र) हैं। ऋतुएँ द्वार (मन-इन्द्रिय) हैं और वर्ष मुख है। वह [illegible] आयुस्वरूप है॥४६॥

आहुः सर्वमिदं चिन्त्यं जनाः केचिन्मनीषया।
अस्याः पञ्चैव चिन्तायाः पर्येष्यामि च पञ्चधा॥४७॥

कुछ विद्वान् अपनी बुद्धिके बलसे कहते हैं कि यह [illegible] कालस्वरूप ब्रह्म है। इसका इसी रूपमें चिन्तन करना चाहिये। इस चिन्तनके मास आदि उपर्युक्त पाँच ही विषय हैं। मैं पूर्वोक्त पाँच भेदोंसे युक्त कालको जानता हूँ॥४७॥

गम्भीरं गहनं [illegible] महत्तोयार्णवं यथा।
अनादिनिधनं चाहुरक्षरं क्षरमेव च॥४८॥

वह कालरूप ब्रह्म अनन्त जलसे भरे हुए महासागरके समान गम्भीर एवं गहन है। उसका कहीं आदि-अन्त नहीं है। उसे ही क्षर एवं अक्षररूप बताया गया है॥४८॥

सत्त्वेषु लिङ्गमावेश्य निर्लिङ्गमपि तत् स्वयम्।
मन्यन्ते ध्रुवमेवैनं ये जनास्तत्त्वदर्शिनः॥४९॥

जो लोग तत्त्वदर्शी हैं, वे निश्चितरूपसे ऐसा मानते हैं कि वह कालरूप परब्रह्म परमात्मा स्वयं निराकार होते हुए भी समस्त प्राणियोंके भीतर जीवका प्रवेश कराता है॥४९॥

भूतानां [illegible] विपर्यासं कुरुते भगवानिति।
न ह्येतावद् भवेद् गम्यं न यस्मात् प्रभवेत् पुनः॥५०॥

भगवान् [illegible] ही समस्त प्राणियोंकी अवस्थामें उलट-फेर कर देते हैं। कोई भी व्यक्ति उनके इस माहात्म्यको [illegible] नहीं पाता। कालकी ही महिमासे पराजित होकर मनुष्य कुछ भी कर नहीं पाता ॥ ५० ॥

गतिं हि सर्वभूतानामगत्वा [illegible] गमिष्यति।
यो धावता न हातव्यस्तिष्ठन्नपि न हीयते ॥ ५१ ॥
तमिन्द्रियाणि सर्वाणि नानुपश्यन्ति पञ्चधा।
आहुरश्चैनं केचिदग्निं केचिदाहुः प्रजापतिम् ॥ ५२ ॥

देवराज! समस्त प्राणियोंकी गति जो काल है, उसको प्राप्त हुए बिना तुम कहाँ जाओगे? मनुष्य भागकर भी उसे छोड़ नहीं सकता—उससे दूर नहीं जा सकता और न खड़ा होकर ही उसके चंगुलसे छूट सकता है। श्रवण आदि समस्त इन्द्रियाँ मास-पक्ष आदि पाँच भेदोंसे युक्त उस कालका अनुभव नहीं कर पातीं। कुछ लोग इन कालदेवताको अग्नि कहते हैं और कुछ प्रजापति ॥ ५१-५२ ॥

ऋतून् मासार्धमासांश्च दिवसांश्च क्षणांस्तथा।
पूर्वाह्णमपराह्णं च मध्याह्नमपि चापरे ॥ ५३ ॥
मुहूर्तमपि चैवाहुरेकं सन्तमनेकधा।
तं कालमिति जानीहि यस्य सर्वमिदं वशे ॥ ५४ ॥

दूसरे लोग उस कालको ऋतु, मास, पक्ष, दिन, क्षण, पूर्वाह्ण, अपराह्ण और मध्याह्न कहते हैं। उसीको विद्वान् पुरुष मुहूर्त भी कहते हैं। वह एक होकर भी अनेक प्रकारका बताया जाता है। इन्द्र! तुम उस कालको इस प्रकार जानो। यह सारा जगत् उसीके अधीन है ॥ ५३-५४ ॥

बहूनीन्द्रसहस्राणि समतीतानि वासव।
बलवीर्योपपन्नानि यथैव त्वं शचीपते ॥ ५५ ॥

शचीपति इन्द्र! जैसे तुम हो, वैसे ही [illegible] और पराक्रमसे सम्पन्न अनेक सहस्र इन्द्र समाप्त हो चुके हैं ॥ ५५ ॥

त्वामप्यतिबलं [illegible] देवराजं बलोत्कटम्।
प्राप्ते काले महावीर्यः कालः संशमयिष्यति ॥ ५६ ॥

शक्र! तुम अपनेको अत्यन्त शक्तिशाली और उत्कट बलसे युक्त देवराज समझते हो; परंतु समय आनेपर महा-पराक्रमी [illegible] तुम्हें भी शान्त कर देगा ॥ ५६ ॥

य इदं सर्वमादत्ते तस्माच्छक्र स्थिरो भव।
मया त्वया च पूर्वैश्च न स शक्योऽतिवर्तितुम् ॥ ५७ ॥

इन्द्र! वह काल ही सम्पूर्ण जगत्को अपने वशमें कर लेता है; अतः तुम भी स्थिर रहो। मैं, तुम तथा हमारे पूर्वज भी कालकी आज्ञाका उल्लङ्घन नहीं कर सकते ॥ ५७ ॥

यामेतां [illegible] जानीषे राज्यश्रियमनुत्तमाम्।
स्थिता मयीति तन्मिथ्या नैषा ह्येकत्र तिष्ठति ॥ ५८ ॥

तुम जिस इस परम उत्तम राजलक्ष्मीको पाकर यह जानते हो कि यह मेरे पास स्थिरभावसे रहेगी, तुम्हारी यह धारणा मिथ्या है; क्योंकि यह कहीं एक जगह बँधकर नहीं रहती है ॥ ५८ ॥

स्थिता हीन्द्र सहस्रेषु त्वद्विशिष्टतमेष्वियम्।
मां च लोला परित्यज्य त्वामगाद् विबुधाधिप ॥ ५९ ॥

इन्द्र! यह लक्ष्मी तुमसे भी श्रेष्ठ सहस्रों पुरुषोंके [illegible] रह चुकी है। देवेश्वर! इस समय यह चञ्चला मुझे भी छोड़कर तुम्हारे पास गयी है ॥ ५९ ॥

मैवं शक्र पुनः कार्षीः शान्तो भवितुमर्हसि।
त्वामप्येवंविधं ज्ञात्वा क्षिप्रमन्यं गमिष्यति ॥ ६० ॥

शक्र! अब फिर तुम ऐसा बर्ताव न करना। अब तुमको शान्ति धारण कर लेनी चाहिये। तुम्हें भी मेरी-जैसी स्थितिमें जानकर यह लक्ष्मी शीघ्र किसी दूसरेके पास चली जायगी ॥ ६० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि बलिवासवसंवादे चतुर्विंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २२४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें बलि और इन्द्रका संवादविषयक दो सौ चौबीसवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ २२४ ॥

पञ्चविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

इन्द्र और लक्ष्मीका संवाद, बलिको त्यागकर आयी हुई लक्ष्मीकी इन्द्रके द्वारा प्रतिष्ठा

भीष्म उवाच

शतक्रतुरथापश्यद् बलेर्दीप्तां महात्मनः।
स्वरूपिणीं शरीराद्धि निष्क्रामन्तीं तदा श्रियम् ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! तदनन्तर इन्द्रने देखा कि महात्मा बलिके शरीरसे परम सुन्दरी तथा कान्तिमती लक्ष्मी मूर्तिमती होकर निकल रही हैं ॥ १ ॥

तां दृष्ट्वा [illegible] दीप्तां भगवान् पाकशासनः।
विस्मयोत्फुल्लनयनो बलिं [illegible] वासवः॥ २॥

पाकशासन भगवान् इन्द्र प्रभासे प्रकाशित होनेवाली उस लक्ष्मीको देखकर आश्चर्यचकित हो उठे। उनके नेत्र विस्मयसे खिल उठे। उन्होंने बलिसे पूछा॥ २॥

शक्र उवाच

बले केयमपक्रान्ता रोचमाना शिखण्डिनी।
त्वत्तः स्थिता सकेयूरा दीप्यमाना स्वतेजसा॥ ३॥

इन्द्र बोले—बले! यह वेणी धारण करनेवाली कान्तिमयी कौन सुन्दरी तुम्हारे शरीरसे निकल कर खड़ी है? इसकी भुजाओंमें बाजूबंद शोभा पा रहे हैं और यह अपने तेजसे उद्भासित हो रही है॥ ३॥

बलिरुवाच

न हीमामासुरीं वेद्मि [illegible] दैवीं च न मानुषीम्।
त्वमेनां पृच्छ वा मा [illegible] यथेष्टं कुरु वासव॥ ४॥

बलिने कहा—इन्द्र! मेरी समझमें न तो यह असुरकुलकी स्त्री है, न देवजातिकी है और न मानवी ही है। तुम जानना चाहते हो तो इसीसे पूछो अथवा न पूछो। जैसी तुम्हारी इच्छा हो, वैसा करो॥ ४॥

शक्र उवाच

[illegible] त्वं बलेरपक्रान्ता रोचमाना शिखण्डिनी।
अजानतो ममाचक्ष्व नामधेयं शुचिस्मिते॥ ५॥
[illegible] त्वं तिष्ठसि मामेवं दीप्यमाना स्वतेजसा।
हित्वा दैत्यवरं सुभ्रु तन्ममाचक्ष्व पृच्छतः॥ ६॥

[illegible] इन्द्रने पूछा—पवित्र मुसकानवाली सुन्दरी! बलिके शरीरसे निकलकर खड़ी हुई तुम कौन हो? तुम्हारी चमक-दमक अद्भुत है। तुम्हारी वेणी भी [illegible] सुन्दर है। मैं तुम्हें जानता नहीं हूँ; इसलिये पूछता हूँ। तुम मुझे अपना [illegible] बताओ। सुभ्रु! दैत्यराजको त्यागकर अपने तेजसे मुझे प्रकाशित करती हुई इस प्रकार तुम कौन खड़ी हो? मेरे प्रश्नके अनुसार अपना परिचय दो॥ ५-६॥

श्रीरुवाच

न मां विरोचनो वेद नायं वैरोचनो बलिः।
आहुर्मां दुःसहेत्येवं विधित्सेति [illegible] मां विदुः॥ ७॥

लक्ष्मी बोली—मुझे न तो विरोचन जानता है और न उसका पुत्र यह बलि। लोग मुझे दुःसहा कहते हैं और कुछ लोग मुझे विधित्साके नामसे भी जानते हैं॥ ७॥

भूतिर्लक्ष्मीति मामाहुः श्रीरित्येवं च वासव।
त्वं मां [illegible] न जानीषे सर्वे देवा [illegible] मां विदुः॥ ८॥

वासव! [illegible] मनुष्य मुझे भूति, लक्ष्मी और श्री भी कहते हैं। शक्र! तुम मुझे नहीं जानते [illegible] सम्पूर्ण देवताओंको भी मेरे विषयमें कुछ भी ज्ञान नहीं है॥ ८॥

[illegible] उवाच

किमिदं त्वं मम कृते उताहो बलिनः कृते।
दुःसहे विजहास्येनं चिरसंवासिनी सती॥ ९॥

इन्द्रने पूछा—दुःसहे! तुमने चिरकालतक राजा बलिके शरीरमें निवास किया है, [illegible] क्या तुम मेरेलिये अथवा बलिके ही हितके लिये इनका त्याग [illegible] रही हो?॥ ९॥

श्रीरुवाच

नो [illegible] न विधाता मां विदधाति कथंचन।
कालस्तु [illegible] पर्यायान्मैनं शक्रावमन्यथाः॥ १०॥

लक्ष्मीने कहा—इन्द्र! [illegible] या विधाता किसी प्रकार भी मुझे किसी कार्यमें नियुक्त नहीं कर सकते हैं; किंतु कालका ही आदेश मुझे [illegible] पड़ता है। वही काल [illegible] समय बलिका परित्याग करनेके लिये मुझे प्रेरित करनेके निमित्त उपस्थित हुआ है। इन्द्र! [illegible] उस कालकी अवहेलना [illegible] करना॥ १०॥

शक्र उवाच

कथं त्वया बलिस्त्यक्तः किमर्थं वा शिखण्डिनि।
कथं [illegible] मां न जह्यास्त्वं तन्मे ब्रूहि शुचिस्मिते॥ ११॥

इन्द्रने पूछा—वेणी धारण करनेवाली लक्ष्मी! तुमने बलिका कैसे और किसलिये त्याग किया है? शुचिस्मिते! तुम मेरा त्याग किस प्रकार नहीं करोगी? यह मुझे बताओ॥ ११॥

श्रीरुवाच

सत्ये स्थितास्मि दाने च व्रते तपसि चैव हि।
पराक्रमे च धर्मे च पराचीनस्ततो बलिः॥ १२॥

लक्ष्मीने कहा—मैं सत्य, दान, व्रत, तपस्या, पराक्रम और धर्ममें निवास करती हूँ। राजा बलि इन सबसे विमुख हो चुके हैं॥ १२॥

ब्रह्मण्योऽयं पुरा भूत्वा सत्यवादी जितेन्द्रियः।
अभ्यसूयद् ब्राह्मणानामुच्छिष्टश्चास्पृशद् घृतम्॥ १३॥

ये पहले ब्राह्मणोंके हितैषी, सत्यवादी और जितेन्द्रिय थे; किंतु आगे चलकर ब्राह्मणोंके प्रति इनकी दोषदृष्टि हो गयी [illegible] इन्होंने जूठे हाथसे घी छू दिया था॥ १३॥

यज्ञशीलः सदा भूत्वा मामेव यजत स्वयम्।
प्रोवाच लोकान् मूढात्मा कालेनोपनिपीडितः ॥ १४ ॥

पहले ये सदा यज्ञ किया करते थे; किंतु आगे चलकर कालसे पीड़ित एवं मोहितचित्त होकर इन्होंने सब लोगोंको स्वयं ही स्पष्टरूपसे आदेश दिया कि तुम सब लोग मेरा ही यजन करो। १४।

अपाकृता [illegible] [illegible] त्वयि वत्स्यामि [illegible]।
अप्रमत्तेन धार्यास्मि तपसा विक्रमेण च ॥ १५ ॥

वासव ! इस प्रकार इनके द्वारा तिरस्कृत होकर अब [illegible] तुममें ही निवास करूँगी। तुम्हें सदा सावधान रहकर तपस्या और पराक्रमद्वारा मुझे धारण करना चाहिये ॥ १५ ॥

शक्र उवाच

अस्ति देवमनुष्येषु सर्वभूतेषु वा पुमान्।
यस्त्वामेको विषहितुं शक्नुयात् कमलालये ॥ १६ ॥

इन्द्रने कहा—कमलालये ! देवताओं, मनुष्यों अथवा सम्पूर्ण प्राणियोंमें कोई भी ऐसा पुरुष नहीं है, जो अकेला तुम्हारा भार सहन कर सके ॥ १६ ॥

श्रीरुवाच

नैव देवो [illegible] गन्धर्वो नासुरो न च राक्षसः।
यो मामेको विषहितुं शक्तः कश्चित् पुरंदर ॥ १७ ॥

लक्ष्मीने कहा—पुरंदर ! देवता, गन्धर्व, असुर और राक्षस कोई भी अकेला मेरा भार सहन नहीं कर सकता ॥ १७ ॥

शक्र उवाच

तिष्ठेथा मयि नित्यं त्वं [illegible] तद् ब्रूहि मे शुभे।
तत् करिष्यामि ते वाक्यमृतं तद् वक्तुमर्हसि ॥ १८ ॥

इन्द्रने कहा—शुभे ! तुम जिस प्रकार मेरे निकट सदा निवास कर सको, वह उपाय मुझे बताओ। मैं तुम्हारी [illegible] यथार्थरूपसे पालन करूँगा; क्योंकि तुम वह उपाय मुझे अवश्य बता सकती हो ॥ १८ ॥

श्रीरुवाच

स्थास्यामि नित्यं देवेन्द्र यथा त्वयि निबोध तत्।
विधिना वेददृष्टेन चतुर्धा विभजस्व माम् ॥ १९ ॥

लक्ष्मीने कहा—देवेन्द्र ! मैं जिस उपायसे तुम्हारे निकट सदा निवास कर सकूँगी, वह बताती हूँ, सुनो। तुम वेदमें बतायी हुई विधिसे मुझे चार भागोंमें विभक्त करो ॥ १९ ॥

शक्र उवाच

अहं वै त्वां निधास्यामि यथाशक्ति यथाबलम्।
न तु मेऽतिक्रमः स्याद् वै सदा लक्ष्मि तवान्तिके ॥ २० ॥

इन्द्रने कहा—लक्ष्मी ! मैं शारीरिक बल और मानसिक शक्तिके अनुसार तुम्हें धारण करूँगा, किंतु तुम्हारे निकट कभी मेरा परित्याग न हो ॥ २० ॥

भूमिरेव मनुष्येषु धारिणी भूतभाविनी।
[illegible] ते पादं तितिक्षेत समर्था हीति मे मतिः ॥ २१ ॥

मेरी यह धारणा है कि मनुष्यलोकमें सम्पूर्ण भूतोंको उत्पन्न करनेवाली यह पृथ्वी ही सबको धारण करती है। वह तुम्हारे पैरका भार सह सकेगी; क्योंकि वह सामर्थ्यशालिनी है ॥ २१ ॥

श्रीरुवाच

[illegible] मे निहितः पादो योऽयं भूमौ प्रतिष्ठितः।
द्वितीयं शक्र पादं मे तस्मात् सुनिहितं कुरु ॥ २२ ॥

लक्ष्मीने कहा—इन्द्र ! यह जो मेरा एक पैर पृथ्वी पर रक्खा हुआ है, इसे मैंने यहीं प्रतिष्ठित कर दिया। अब तुम मेरे दूसरे पैरको भी सुप्रतिष्ठित करो ॥ २२ ॥

शक्र उवाच

[illegible] एव मनुष्येषु द्रवमूर्त्यः परिचारिणीः।
तास्ते पादं तितिक्षन्तामलमापस्तितिक्षितुम् ॥ २३ ॥

इन्द्रने कहा—लक्ष्मी ! मनुष्यलोकमें जल ही सब ओर प्रवाहित होता है; अतः वही तुम्हारे दूसरे पैरका भार सहन करे; क्योंकि जल इस कार्यके लिये पूर्ण समर्थ है ॥ २३ ॥

श्रीरुवाच

एष मे निहितः पादो योऽयमप्सु प्रतिष्ठितः।
तृतीयं शक्र पादं मे तस्मात् सुनिहितं कुरु ॥ २४ ॥

लक्ष्मीने कहा—इन्द्र ! लो, मैंने यह पैर जलमें रख दिया। [illegible] यह जलमें ही सुप्रतिष्ठित है। [illegible] तुम मेरे तीसरे पैरको भलीभाँति स्थापित करो ॥ २४ ॥

शक्र उवाच

यस्मिन् वेदाश्च यज्ञाश्च यस्मिन् देवाः प्रतिष्ठिताः।
तृतीयं पादमग्निस्ते सुधृतं धारयिष्यति ॥ २५ ॥

इन्द्रने कहा—देवि ! जिसमें वेद, यज्ञ और सम्पूर्ण देवता प्रतिष्ठित हैं। वे अग्निदेव तुम्हारे तीसरे पैरको अच्छी तरह धारण करेंगे ॥ २५ ॥

श्रीरुवाच

एष मे निहितः पादो योऽयमग्नौ प्रतिष्ठितः।

चतुर्थं शक्र पादं मे तस्मात् सुनिहितं कुरु ॥ २६ ॥

लक्ष्मीने कहा—इन्द्र ! यह तीसरा पाद मैंने अग्निमें रख दिया । अब यह अग्निमें प्रतिष्ठित है । इसके बाद मेरे चौथे पादको भलीभाँति स्थापित करो ॥ २६ ॥

शक्र उवाच

ये वै सन्तो मनुष्येषु ब्रह्मण्याः सत्यवादिनः ।
ते ते पादं तितिक्षन्तामलं सन्तस्तितिक्षितुम् ॥ २७ ॥

इन्द्र बोले—देवि ! मनुष्योंमें जो ब्राह्मणभक्त और सत्यवादी श्रेष्ठ पुरुष हैं, वे आपके चौथे पादका भार सहन करें; क्योंकि श्रेष्ठ पुरुष उसे सहन करनेमें पूर्ण समर्थ हैं॥

श्रीरुवाच

एष मे निहितः पादो योऽयं सत्सु प्रतिष्ठितः ।
एवं हि निहितां शक्र भूतेषु परिधत्स्व माम् ॥ २८ ॥

लक्ष्मीने कहा—इन्द्र ! यह मैंने अपना चौथा पाद रक्खा । अब यह सत्पुरुषोंमें प्रतिष्ठित हुआ । इसी प्रकार तुम [illegible] सम्पूर्ण भूतोंमें मुझे स्थापित करके सब ओरसे मेरी रक्षा करो ॥ २८ ॥

[illegible] उवाच

भूतानामिह यो वै त्वां मया विनिहितां सतीम् ।
उपहन्यात् स [illegible] धृष्यस्तथा शृण्वन्तु मे वचः ॥ २९ ॥

इन्द्रने कहा—देवि ! मेरेद्वारा स्थापित की हुई आपको [illegible] प्राणियोंमेंसे जो भी पीड़ा देगा, वह मेरेद्वारा दण्डनीय होगा । मेरी यह [illegible] वे सब लोग सुन लें ॥ २९ ॥

[illegible] श्रिया राजा दैत्यानां बलिरब्रवीत् ।
यावत् पुरस्तात् प्रतपेत् तावद् वै दक्षिणां दिशम् ।
पश्चिमां तावदेवापि तथोदीचीं दिवाकरः ॥ ३० ॥

तदनन्तर लक्ष्मीसे परित्यक्त होकर दैत्यराज बलिने कहा—'सूर्य [illegible] पूर्वदिशामें प्रकाशित होंगे, तभीतक वे दक्षिण, पश्चिम और उत्तरदिशाको भी प्रकाशित करेंगे ॥ ३० ॥

[illegible] मध्यंदिने सूर्यो नास्तमेति यदा तदा ।
पुनर्देवासुरं युद्धं भावि जेतास्मि वस्तदा ॥ ३१ ॥

'जब सूर्य केवल मध्याह्नकालमें ही स्थित रहेंगे, अस्ताचलको नहीं जायँगे, उस समय पुनः देवासुरसंग्राम होगा और उसमें मैं तुम सब देवताओंको [illegible] करूँगा ॥ ३१ ॥

सर्वलोकान् यदाऽऽदित्य एकस्थस्तापयिष्यति ।
तदा देवासुरे युद्धे जेताहं त्वां शतक्रतो ॥ ३२ ॥

'शतक्रतो ! जब सूर्य एक स्थान अर्थात् ब्रह्मलोकमें ही स्थित होकर नीचेके सम्पूर्ण लोकोंको ताप देने लगेंगे, [illegible] [illegible] देवासुरसंग्राममें मैं तुम्हें अवश्य जीत लूँगा*' ॥ ३२ ॥

शक्र उवाच

ब्रह्मणोऽस्मि समादिष्टो न हन्तव्यो भवानिति ।
तेन तेऽहं बले वज्रं न विमुञ्चामि मूर्धनि ॥ ३३ ॥

इन्द्रने कहा—बले ! ब्रह्माजीने मुझे आज्ञा दी है कि तुम बलिका वध न करना; इसीलिये तुम्हारे मस्तकपर मैं अपना वज्र नहीं छोड़ रहा हूँ ॥ ३३ ॥

यथेष्टं गच्छ दैत्येन्द्र स्वस्ति तेऽस्तु महासुर ।
आदित्यो नैव तपिता कदाचिन्मध्यतः स्थितः ॥ ३४ ॥

दैत्यराज ! तुम्हारी जहाँ इच्छा हो, चले जाओ । महान् असुर ! तुम्हारा कल्याण हो । सूर्य कभी मध्याह्नमें ही स्थित होकर सम्पूर्ण लोकोंको ताप नहीं देंगे ॥ ३४ ॥

स्थापितो ह्यस्य समयः पूर्वमेव स्वयम्भुवा ।
अजस्रं परियात्येष सत्येनावतपन् प्रजाः ॥ ३५ ॥

ब्रह्माजीने पहलेसे ही उनके लिये मर्यादा स्थापित [illegible] दी है, अतः उसी सत्यमर्यादाके अनुसार सूर्य सम्पूर्ण लोकोंको [illegible] प्रदान करते हुए निरन्तर परिभ्रमण करते हैं ॥ ३५ ॥

अयनं तस्य षण्मासानुत्तरं दक्षिणं तथा ।
येन संयाति लोकेषु शीतोष्णे विसृजन् रविः ॥ ३६ ॥

उनके दो मार्ग हैं—उत्तर और दक्षिण । [illegible] महीनोंका उत्तरायण होता है और छः महीनोंका दक्षिणायन । उसीसे सम्पूर्ण जगत्में सर्दी गर्मीकी सृष्टि करते हुए सूर्यदेव भ्रमण करते हैं ॥ ३६ ॥

भीष्म उवाच

एवमुक्तस्तु दैत्येन्द्रो बलिरिन्द्रेण भारत ।
जगाम दक्षिणामाशामुदीचीं [illegible] पुरंदरः ॥ ३७ ॥

भीष्मजी कहते हैं—भारत ! इन्द्रके ऐसा कहनेपर दैत्यराज बलि दक्षिणदिशाको चले गये और स्वयं इन्द्र उत्तरदिशाको ॥ ३७ ॥

* वैवस्वत मन्वन्तरको [illegible] भागोंमें विभक्त करके जब अन्तिम आठवाँ भाग व्यतीत होने लगेगा, तब पूर्व आदि चारों दिशाओंमें जो इन्द्र, यम, वरुण और कुबेरकी चार पुरियाँ हैं, वे [illegible] हो जायँगी । उस समय केवल ब्रह्मलोकमें स्थित होकर सूर्य नीचेके सम्पूर्ण लोकको प्रकाशित करेंगे । उसी समय सावर्णिक मन्वन्तरका आरम्भ होगा, जिसमें राजा बलि [illegible] होंगे । (नीलकण्ठी)

इत्येतद् बलिना गीतमनहंकारसंज्ञितम् ।
[illegible] श्रुत्वा सहस्राक्षः खमेवारुरुहे तदा ॥ ३८ ॥

राजा बलिका वह पूर्वोक्त अनहंकारसंज्ञक वाक्य सुनकर सहस्रनेत्रधारी इन्द्र पुनः आकाशको ही उड़ चले ॥ ३८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि श्रीसंनिधानो नाम पञ्चविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २२५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रीसंनिधाननामक दो सौ पचीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २२५ ॥

षड्विंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

इन्द्र और नमुचिका संवाद

भीष्म उवाच

अत्रैवोदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
शतक्रतोश्च संवादं नमुचेश्च युधिष्ठिर ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! इसी विषयमें विज्ञ पुरुष इन्द्र और नमुचिके संवादरूप प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं ॥ १ ॥

श्रिया विहीनमासीनमक्षोभ्यमिव सागरम् ।
भवाभवज्ञं भूतानामित्युवाच पुरंदरः ॥ २ ॥

एक समयकी बात है, दैत्यराज नमुचि राजलक्ष्मीसे च्युत हो गये, तो भी वे प्रशान्त महासागरके समान क्षोभरहित बने रहे; क्योंकि वे कालक्रमसे होनेवाले प्राणियोंके अभ्युदय और पराभवके तत्त्वको जाननेवाले थे। उस समय देवराज इन्द्र उनके पास जाकर [illegible] प्रकार बोले—॥ २ ॥

[illegible] पाशैश्च्युतः स्थानाद् द्विषतां वशमागतः ।
श्रिया विहीनो नमुचे शोचस्याहो न शोचसि ॥ ३ ॥

'नमुचे ! तुम रस्सियोंसे बाँधे गये, राज्यसे भ्रष्ट हुए, शत्रुओंके वशमें पड़े और धन-सम्पत्तिसे वञ्चित हो गये। तुम्हें अपनी इस दुरवस्थापर शोक होता है या नहीं ?' ॥ [illegible] ॥

नमुचिरुवाच

अनिवार्येण शोकेन शरीरं चोपतप्यते ।
अमित्राश्च प्रहृष्यन्ति शोके नास्ति सहायता ॥ ४ ॥

नमुचिने कहा—देवराज ! यदि शोकको रोका न जाय तो उसके द्वारा शरीर संतप्त हो उठता है और शत्रु प्रसन्न होते [illegible] । शोकके द्वारा विपत्तिको दूर करनेमें भी कोई सहायता नहीं मिलती ॥ ४ ॥

तस्माच्छक्र न शोचामि सर्वं ह्येवेदमन्तवत् ।
संतापाद् भ्रश्यते रूपं संतापाद् भ्रश्यते श्रियः ॥ ५ ॥
संतापाद् भ्रश्यते चायुर्धर्मश्चैव सुरेश्वर ।

इन्द्र ! इसीलिये [illegible] शोक नहीं करता; क्योंकि यह सम्पूर्ण वैभव नाशवान् है। संताप करनेसे रूपका नाश होता है। संतापसे कान्ति फीकी पड़ जाती है और सुरेश्वर ! संतापसे आयु तथा धर्मका भी नाश होता है ॥ ५½ ॥

विनीय खलु तद् दुःखमागतं वैमनस्यजम् ॥ ६ ॥
ध्यातव्यं मनसा हृद्यं कल्याणं संविजानता ।

अतः समझदार पुरुषको वैमनस्यके कारण प्राप्त हुए दुःखका निवारण करके मन-ही-मन हृदयस्थित कल्याणमय परमात्माका चिन्तन करना चाहिये ॥ ६½ ॥

यदा यदा हि पुरुषः कल्याणे कुरुते मनः ।
तदा [illegible] प्रसिध्यन्ति सर्वार्था नात्र संशयः ॥ [illegible] ॥

पुरुष जब-जब कल्याणस्वरूप परमात्माके चिन्तनमें मन लगाता है, तब-तब उसके सारे मनोरथ सिद्ध होते हैं, इसमें संशय नहीं है ॥ [illegible] ॥

एकः शास्ता न द्वितीयोऽस्ति शास्ता
गर्भे शयानं पुरुषं शास्ति शास्ता ।
तेनानुयुक्तः प्रवणादिवोदकं
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा वहामि ॥ ८ ॥

जगत्का शासन करनेवाला एक ही है, दूसरा नहीं। वही शासक गर्भमें सोये हुए जीवका भी शासन करता है, जैसे जल निम्न स्थानकी ओर ही प्रवाहित होता है, उसी प्रकार प्राणी उस शासकसे प्रेरित होकर उसकी अभीष्ट दिशाको ही गमन करता है। उस ईश्वरकी जैसी प्रेरणा होती है, उसीके अनुसार [illegible] भी कार्यभार वहन करता हूँ ॥ ८ ॥

भवाभवौ त्वभिजानन् गरीयो
ज्ञानाच्छ्रेयो न तु तद् वै करोमि ।

आशासु धर्म्यासु परासु कुर्वन्
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा वहामि ॥ ९ ॥

मैं प्राणियोंके अभ्युदय और पराभवको जानता हूँ। श्रेष्ठ तत्त्वसे भी परिचित हूँ और ज्ञानसे कल्याणकी प्राप्ति होती है, इस बातको भी [illegible] हूँ, तथापि [illegible] सम्पादन नहीं करता हूँ। इसके विपरीत धर्मसम्मत अथवा अधर्मयुक्त आशाएँ मनमें लेकर जैसी अन्तर्यामीकी प्रेरणा होती है, उसके अनुसार कार्यभार वहन करता हूँ ॥ ९ ॥

यथा [illegible] प्राप्तव्यं प्राप्नोत्येव [illegible] [illegible]।
भवितव्यं यथा [illegible] भवत्येव [illegible] तथा ॥ १० ॥

पुरुषको जो वस्तु जिस [illegible] मिलनेवाली होती है, वह [illegible] प्रकार मिल ही जाती है। जिस वस्तुकी जैसी होनहार होती है, वह वैसी होती ही है ॥ १० ॥

यत्र यत्रैव संयुक्तो धात्रा गर्भे पुनः पुनः।
[illegible] तत्रैव वसति [illegible] [illegible] स्वयमिच्छति ॥ ११ ॥

विधाता जिस-जिस गर्भमें रहनेके लिये जीवको बार-बार प्रेरित करते हैं, वह जीव उसी-उसी गर्भमें [illegible] करता है; किंतु वह स्वयं जहाँ रहनेकी इच्छा करता है, वहाँ नहीं रह पाता है ॥ ११ ॥

भावो योऽयमनुप्राप्तो भवितव्यमिदं मम।
इति [illegible] सदा भावो [illegible] [illegible] मुह्येत् कदाचन ॥ १२ ॥

मुझे जो यह अवस्था प्राप्त हुई है, ऐसी ही होनहार थी। जिसके हृदयमें सदा [illegible] तरहकी भावना होती है, वह कभी मोहमें नहीं पड़ता ॥ १२ ॥

पर्यायैर्हन्यमानानामभियोक्ता न विद्यते।
दुःखमेतत् तु यद् द्वेष्टा कर्ताहमिति मन्यते ॥ १३ ॥

कालक्रमसे [illegible] होनेवाले सुख-दुःखोंद्वारा जो लोग आहत होते हैं, उनके [illegible] दुःखके लिये दूसरा कोई दोषी [illegible] अपराधी नहीं है। दुःख पानेका कारण तो यह है कि पुरुष वर्तमान दुःखसे द्वेष करके अपनेको उसका कर्ता मान बैठता है ॥ १३ ॥

ऋषींश्च देवांश्च महासुरांश्च
त्रैविद्यवृद्धांश्च वने मुनींश्च।
कानापदो नोपनमन्ति लोके
परावरज्ञास्तु न सम्भ्रमन्ति ॥ १४ ॥

ऋषि, देवता, बड़े-बड़े असुर, तीनों वेदोंके ज्ञानमें बढ़े हुए विद्वान् पुरुष तथा वनवासी मुनि—इनमेंसे किनके [illegible] संसारमें आपत्तियाँ नहीं आती हैं; परंतु जिन्हें सत्-असत्-[illegible] विवेक है, [illegible] मोह या भ्रममें नहीं पड़ते हैं ॥ १४ ॥

न पण्डितः क्रुद्ध्यति नाभिपद्यते
[illegible] चापि संसीदति न प्रहृष्यति।
[illegible] चार्थकृच्छ्रव्यसनेषु शोचते
स्थितः प्रकृत्या हिमवानिवाचलः ॥ १५ ॥

विद्वान् पुरुष कभी क्रोध नहीं करता, कहीं आसक्त नहीं होता, अनिष्टकी प्राप्ति होनेपर दुःखसे व्याकुल नहीं होता और किसी प्रिय वस्तुको पाकर अत्यन्त हर्षित नहीं होता है। आर्थिक कठिनाई या संकटके समय भी वह शोकग्रस्त नहीं होता है; अपितु हिमालयके समान स्वभावसे ही अविचल [illegible] रहता है ॥ १५ ॥

यमर्थसिद्धिः परमा न मोहयेत्
तथैव काले व्यसनं न मोहयेत्।
सुखं [illegible] दुःखं च तथैव मध्यमं
निषेवते यः [illegible] धुरंधरो नरः ॥ १६ ॥

जिसे उत्तम अर्थसिद्धि मोहमें नहीं डालती, इसी तरह जो कभी संकट पड़नेपर धैर्य [illegible] विवेकको खो नहीं बैठता [illegible] सुखका, दुःखका और दोनोंके बीचकी अवस्थाका समान भावसे सेवन करता है, वही महान् कार्यभारको सँभालनेवाला श्रेष्ठ पुरुष माना जाता है ॥ १६ ॥

यां यामवस्थां पुरुषोऽधिगच्छेत्
तस्यां रमेतापरितप्यमानः।
एवं प्रवृद्धं प्रणुदन्मनोजं
संतापनीयं सकलं शरीरात् ॥ १७ ॥

पुरुष जिस-जिस अवस्थाको प्राप्त हो, उसीमें उसे संतप्त न होकर आनन्द मानना चाहिये। इस प्रकार संतापजनक बढ़े हुए कामको अपने शरीर और मनसे पूर्णतः निकाल दे ॥ १७ ॥

[illegible] तत्सदः सत्परिषत् सभा च सा
[illegible] यां न कुरुते सदा भयम्।
धर्मतत्त्वमवगाह्य बुद्धिमान्
योऽभ्युपैति स धुरंधरः पुमान् ॥ १८ ॥

न तो ऐसी कोई सभा है, न साधु-सत्पुरुषोंकी कोई परिषद् है और न कोई ऐसा जनसमाज ही है, जिसे पाकर कोई पुरुष कभी भय न करे। जो बुद्धिमान् धर्मतत्त्वमें अवगाहन करके उसीको अपनाता है, वही धुरंधर माना गया है ॥ १८ ॥

प्राज्ञस्य कर्माणि दुरन्वयानि
न वै प्राज्ञो मुह्यति मोहकाले।
स्थानाच्च्युतश्चेन्न मुमोह गौतम-
स्तावत् कृच्छ्रामापदं प्राप्य वृद्धः॥ १९ ॥

विद्वान् पुरुषके सारे कार्य साधारण लोगोंके लिये दुर्बोध होते हैं। विद्वान् पुरुष मोहके अवसरपर भी मोहित नहीं होता। जैसे वृद्ध गौतममुनि अत्यन्त कष्टजनक विपत्तिमें पड़कर और पदच्युत होकर भी मोहित नहीं हुए॥ १९ ॥

न मन्त्रबलवीर्येण प्रज्ञया पौरुषेण च।
न शीलेन न वृत्तेन तथा नैवार्थसम्पदा।
अलभ्यं लभते मर्त्यस्तत्र का परिदेवना॥ २० ॥

जो वस्तु नहीं मिलनेवाली होती है, उसको कोई मनुष्य मन्त्र, बल, पराक्रम, बुद्धि, पुरुषार्थ, शील, सदाचार और धन-सम्पत्तिसे भी नहीं पा सकता; फिर उसके लिये शोक क्यों किया जाय ?॥ २० ॥

यदेवमनुजातस्य धातारो विदधुः पुरा।
तदेवानुचरिष्यामि किं मे मृत्युः करिष्यति॥ २१ ॥

पूर्वकालमें विधाताने मेरे लिये जैसा विधान रच रक्खा है, मैं जन्मके पश्चात् उसीका अनुसरण करता आया हूँ और आगे भी करूँगा; अतः मृत्यु मेरा क्या करेगी ?॥ २१ ॥

लब्धव्यान्येव लभते गन्तव्यान्येव गच्छति।
प्राप्तव्यान्येव चाप्नोति दुःखानि च सुखानि च॥ २२ ॥

मनुष्यको प्रारब्धके विधानसे जो कुछ पाना है, उसीको वह पाता है। जहाँ जाना है, वहीं वह जाता है और जो भी सुख या दुःख उसके लिये प्राप्तव्य हैं, उन्हें वह प्राप्त करता है॥ २२ ॥

एतद् विदित्वा कात्स्न्र्येन यो न मुह्यति मानवः।
कुशली सर्वदुःखेषु स वै सर्वधनो नरः॥ २३ ॥

यह पूर्णरूपसे जानकर जो मनुष्य कभी मोहित नहीं होता है, वह सब प्रकारके दुःखोंमें सकुशल रहता है और वही हर तरहसे धनवान् है॥ २३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शक्रनमुचिसंवादो नाम षड्विंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २२६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें इन्द्र और नमुचिका संवादनामक दो सौ छब्बीसवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २२६ ॥

सप्तविंशत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

इन्द्र और बलिका संवाद—काल और प्रारब्धकी महिमाका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

मग्नस्य व्यसने कृच्छ्रे किं श्रेयः पुरुषस्य हि।
बन्धुनाशे महीपाल राज्यनाशेऽथवा पुनः॥ १ ॥
त्वं हि नः परमो वक्ता लोकेऽस्मिन् भरतर्षभ।
एतद् भवन्तं पृच्छामि तन्मे त्वं वक्तुमर्हसि॥ २ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—भूपाल! जो मनुष्य बन्धु बान्धवों-का अथवा राज्यका नाश हो जानेपर घोर संकटमें पड़ गया हो, उसके कल्याणका क्या उपाय है ? भरतश्रेष्ठ! इस संसारमें आप ही हमारे लिये सबसे श्रेष्ठ वक्ता हैं; इसलिये यह बात आपसे ही पूछता हूँ। आप यह सब मुझे बतानेकी कृपा करें॥ १-२ ॥

भीष्म उवाच

पुत्रदारैः सुखैश्चैव वियुक्तस्य धनेन वा।
मग्नस्य व्यसने कृच्छ्रे धृतिः श्रेयस्करी नृप॥ ३ ॥
धैर्येण युक्तस्य सतः शरीरं न विशीर्यते।

भीष्मजीने कहा—राजा युधिष्ठिर! जिसके स्त्री पुत्र मर गये हों, सुख छिन गया हो अथवा धन नष्ट हो गया हो और इन कारणोंसे जो कठिन विपत्तिमें फँस गया हो, उसका तो धैर्य धारण करनेमें ही कल्याण है। जो धैर्यसे युक्त है, उस सत्पुरुषका शरीर चिन्ताके कारण [illegible] नहीं होता॥ ३½ ॥

विशोकता सुखं धत्ते धत्ते चारोग्यमुत्तमम्॥ ४ ॥
आरोग्याच्च शरीरस्य स पुनर्विन्दते श्रियम्।

शोकहीनता सुख और उत्तम आरोग्यका उत्पादन करती है, शरीरके नीरोग होनेसे मनुष्य फिर धन-सम्पत्तिका उपार्जन कर लेता है॥ ४½ ॥

[illegible] प्राज्ञो नरस्तात सात्त्विकीं वृत्तिमास्थितः॥ ५ ॥
तस्यैश्वर्यं च धैर्यं च व्यवसायश्च कर्मसु।

तात! जो बुद्धिमान् मनुष्य सदा सात्त्विक वृत्तिका सहारा लिये रहता है। उसीको ऐश्वर्य और धैर्यकी प्राप्ति होती है तथा वही सम्पूर्ण कर्मोंमें उद्योगशील होता है॥ ५½ ॥

अत्रैवोदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ॥ ६ ॥
बलिवासवसंवादं पुनरेव युधिष्ठिर ।

युधिष्ठिर ! इस विषयमें पुनः बलि और इन्द्रके संवाद-रूप एक प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया जाता है ॥ ६½ ॥

वृत्ते देवासुरे युद्धे दैत्यदानवसंक्षये ॥ ७ ॥
विष्णुक्रान्तेषु लोकेषु देवराजे शतक्रतौ ।
इज्यमानेषु देवेषु चातुर्वर्ण्ये व्यवस्थिते ॥ ८ ॥
समृद्ध्यमाने त्रैलोक्ये प्रीतियुक्ते स्वयम्भुवि ।

पूर्वकालमें जब दैत्यों और दानवोंका संहार करनेवाला देवासुर-संग्राम समाप्त हो गया, वामनरूपधारी भगवान् विष्णुने अपने पैरोंसे तीनों लोकोंको नाप लिया और सौ यज्ञों-का अनुष्ठान करनेवाले इन्द्र पुनः देवताओंके राजा हो गये, तब देवताओंकी सब ओर आराधना होने लगी। चारों वर्णोंके लोग अपने-अपने धर्ममें स्थित रहने लगे। तीनों लोकोंका अभ्युदय होने लगा और सबको सुखी देखकर स्वयम्भू ब्रह्माजी अत्यन्त प्रसन्न रहने लगे ॥ ७-८½ ॥

रुद्रैर्वसुभिरादित्यैरश्विभ्यामपि चर्षिभिः ॥ ९ ॥
गन्धर्वैर्भुजगेन्द्रैश्च सिद्धैश्चान्यैर्वृतः प्रभुः ।
चतुर्दन्तं सुदान्तं च वारणेन्द्रं श्रिया वृतम् ।
आरुह्यैरावतं शक्रस्त्रैलोक्यमनुसंययौ ॥ १० ॥

उन्हीं दिनोंकी बात है, देवराज इन्द्र अपने ऐरावत नामक गजराजपर, जो चार सुन्दर दाँतोंसे सुशोभित और दिव्य शोभासे सम्पन्न था, आरूढ हो तीनों लोकोंमें भ्रमण करनेके लिये निकले। उस समय त्रिलोकीनाथ इन्द्र रुद्र, वसु, आदित्य, अश्विनीकुमार, ऋषिगण, गन्धर्व, नाग, सिद्ध तथा विद्याधरों आदिसे घिरे हुए थे ॥ ९-१० ॥

स कदाचित् समुद्रान्ते कस्मिंश्चिद् गिरिगह्वरे ।
बलिं वैरोचनिं वज्री ददर्शोपससर्प च ॥ ११ ॥

घूमते-घूमते वे किसी समय समुद्रतटपर जा पहुँचे। वहाँ किसी पर्वतकी गुफामें उन्हें विरोचनकुमार बलि दिखायी दिये। उन्हें देखते ही इन्द्र हाथमें वज्र लिये उनके पास जा पहुँचे ॥ ११ ॥

तमैरावतमूर्धस्थं प्रेक्ष्य देवगणैर्वृतम् ।
सुरेन्द्रमिन्द्रं दैत्येन्द्रो न शुशोच न विव्यथे ॥ १२ ॥

देवताओंसे घिरे हुए देवराज इन्द्रको ऐरावतकी पीठपर बैठे देख दैत्यराज बलिके मनमें तनिक भी शोक या व्यथा नहीं हुई ॥ १२ ॥

दृष्ट्वा तमविकारस्थं तिष्ठन्तं निर्भयं बलिम् ।
अधिरूढो द्विपश्रेष्ठमित्युवाच शतक्रतुः ॥ १३ ॥

उन्हें निर्भय और निर्विकार होकर खड़ा देख श्रेष्ठ गज-राजपर चढ़े हुए शतक्रतु इन्द्रने उनसे इस प्रकार कहा—॥ १३ ॥

दैत्य न व्यथसे शौर्यादथवा वृद्धसेवया ।
तपसा भावितत्वाद् वा सर्वथैतत् सुदुष्करम् ॥ १४ ॥

'दैत्य ! तुम्हें अपने शत्रुकी समृद्धि देखकर व्यथा क्यों नहीं होती ? क्या शौर्यसे अथवा बड़े-बूढ़ोंकी सेवा करनेसे या तपस्यासे अन्तःकरण शुद्ध हो जानेके कारण तुम्हें शोक नहीं होता है ? साधारण पुरुषके लिये तो यह धैर्य सर्वथा परम दुष्कर है ॥ १४ ॥

शत्रुभिर्वशमानीतो हीनः स्थानादनुत्तमात् ।
वैरोचने किमाश्रित्य शोचितव्ये न शोचसि ॥ १५ ॥

'विरोचनकुमार ! तुम शत्रुओंके वशमें पड़े और उत्तम स्थान (राज्य)से भ्रष्ट हुए—इस प्रकार शोचनीय दशामें पड़कर भी तुम किस बलका सहारा लेकर शोक नहीं करते हो ? ॥ १५ ॥

श्रैष्ठ्यं प्राप्य स्वजातीनां महाभोगाननुत्तमान् ।
हृतस्वरत्नराज्यस्त्वं ब्रूहि कस्मान्न शोचसि ॥ १६ ॥

'तुमने अपने जाति-भाइयोंमें सबसे श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया था और परम उत्तम महान् भोगोंपर अधिकार जमा रखा था; किंतु इस समय तुम्हारे रत्न और राज्यका अपहरण हो गया है, तो भी बताओ, तुम्हें शोक क्यों नहीं होता है ? ॥

ईश्वरो हि पुरा भूत्वा पितृपैतामहे पदे ।
तत्त्वमद्य हृतं दृष्ट्वा सपत्नैः किं न शोचसि ॥ १७ ॥

'पहले तो तुम अपने बाप-दादोंके राज्यपर बैठकर तीनों लोकोंके ईश्वर बने हुए थे। अब उस राज्यको शत्रुओंने छीन लिया; यह देखकर भी तुम्हें शोक क्यों नहीं होता है ? ॥१७॥

बद्धश्च वारुणैः पाशैर्वज्रेण च समाहतः ।
हृतदारो हृतधनो ब्रूहि कस्मान्न शोचसि ॥ १८ ॥

'तुम्हें वरुणके पाशसे बाँधा गया, वज्रसे घायल किया गया तथा तुम्हारी स्त्री और धनका भी अपहरण कर लिया गया; फिर भी बोलो, तुम्हें शोक कैसे नहीं होता है ? ॥ १८ ॥

नष्टश्रीर्विभवभ्रष्टो यन्न शोचसि दुष्करम् ।
त्रैलोक्यराज्यनाशे हि कोऽन्यो जीवितुमुत्सहेत् ॥ १९ ॥

'तुम्हारी राज्यलक्ष्मी नष्ट हो गयी। तुम अपने धन-वैभव-से हाथ धो बैठे। इतनेपर भी जो तुम्हें शोक नहीं होता है, यह दूसरोंके लिये बड़ा कठिन है। तीनों लोकोंका राज्य नष्ट हो जानेपर भी तुम्हारे सिवा दूसरा कौन जीवित रहनेके लिये उत्साह दिखा सकता है ? ॥ १९ ॥

एतच्चान्यच्च परुषं ब्रुवन्तं परिभूय तम्।
श्रुत्वा सुखमसम्भ्रान्तो बलिर्वैरोचनोऽब्रवीत्॥ २० ॥

ये तथा और भी बहुत-सी कठोर बातें सुनाकर इन्द्रने बलिका तिरस्कार किया। विरोचनकुमार बलिने वे सारी बातें बड़े आनन्दसे सुन लीं और मनमें तनिक भी घबराहट न लाकर उन्हें इस प्रकार उत्तर दिया ॥ २० ॥

बलिरुवाच

निगृहीते मयि भृशं शक्र किं कत्थितेन ते।
वज्रमुद्यम्य तिष्ठन्तं पश्यामि त्वां पुरंदर॥ २१ ॥

बलिने कहा—इन्द्र! जब मैं शत्रुओं अथवा कालके द्वारा भलीभाँति बन्दी बना लिया गया हूँ, तब मेरे सामने इस प्रकार बढ़-बढ़कर बातें बनानेसे तुम्हें क्या लाभ होगा? पुरंदर! मैं देखता हूँ, आज तुम वज्र उठाये मेरे सामने खड़े हो ॥

अशक्तः पूर्वमासीस्त्वं कथञ्चिच्छक्ततां गतः।
कस्त्वदन्य इमां वाचं सुक्रूरां वक्तुमर्हति॥ २२ ॥

किंतु पहले तुममें ऐसा करनेकी शक्ति नहीं थी। अब किसी तरह शक्ति आ गयी है। तुम्हारे सिवा दूसरा कौन ऐसा अत्यन्त क्रूर वचन कह सकता है? ॥ २२ ॥

यस्तु शत्रोर्वशस्थस्य शक्तोऽपि कुरुते दयाम्।
हस्तप्राप्तस्य वीरस्य तं चैव पुरुषं विदुः॥ २३ ॥

जो शक्तिशाली होकर भी अपने वशमें पड़े हुए अथवा हाथमें आये हुए वीर शत्रुपर दया करता है, उसे अच्छे लोग उत्तम पुरुष मानते हैं ॥ २३ ॥

अनिश्चयो हि युद्धेषु द्वयोर्विवदमानयोः।
[illegible] प्राप्नोति विजयमेकश्चैव पराजयम्॥ २४ ॥

जब दो व्यक्तियोंमें विवाद एवं युद्ध छिड़ जाता है, [illegible] किसकी जीत होगी—इसका कोई निश्चय नहीं रहता है। उनमेंसे एक पक्ष विजयी होता है और दूसरेको पराजय प्राप्त होती है ॥ २४ ॥

मा च तेऽभूत् स्वभावोऽयमिति ते देवपुङ्गव।
ईश्वरः सर्वभूतानां विक्रमेण जितो बलात्॥ २५ ॥

इसलिये देवराज! तुम्हारा स्वभाव ऐसा न हो, तुम ऐसा न समझ लो कि मैंने अपने बल और पराक्रमसे ही समस्त प्राणियोंके स्वामी मुझ बलिपर विजय पायी है ॥ २५ ॥

नैतदस्मत्कृतं शक्र नैतच्छक्र कृतं त्वया।
यत् त्वमेवंगतो वज्रिन् यद्वाप्येवंगता वयम्॥ २६ ॥

वज्रधारी इन्द्र! आज जो तुम इस प्रकार राज-वैभवसे सम्पन्न हो अथवा हमलोग जो इस दीन दशाको पहुँच गये हैं, यह सब न तो तुम्हारा किया हुआ है और न हमारा ही किया हुआ है ॥ २६ ॥

अहमासं यथाद्य त्वं भविता त्वं यथा वयम्।
मावमंस्था मया कर्म दुष्कृतं कृतमित्युत॥ २७ ॥

आज जैसे तुम हो, कभी मैं भी ऐसा ही था और इस समय जिस दशामें हमलोग पड़े हुए हैं, कभी तुम्हारी भी वैसी ही अवस्था होगी; अतः तुम यह समझकर कि मैंने बड़ा दुष्कर पराक्रम कर दिखाया है, मेरा अपमान न करो ॥ २७ ॥

सुखदुःखे हि पुरुषः पर्यायेणाधिगच्छति।
पर्यायेणासि शक्रत्वं प्राप्तः [illegible] न कर्मणा॥ २८ ॥

प्रत्येक पुरुष बारी-बारीसे सुख और दुःख पाता है। इन्द्र! तुम भी अपने पराक्रमसे नहीं, कालक्रमसे ही इन्द्र-पदको प्राप्त हुए हो ॥ २८ ॥

कालः काले नयति मां त्वां च कालो नयत्ययम्।
तेनाहं त्वं यथा नाद्य त्वं चापि न यथा वयम्॥ २९ ॥

काल ही मुझे कुसमयकी ओर [illegible] जा रहा है और यह काल ही तुम्हें अच्छे दिन दिखा रहा है; इसलिये [illegible] जैसे तुम हो, वैसा मैं नहीं हूँ और जैसे हमलोग हैं, वैसे तुम नहीं हो ॥ २९ ॥

न मातृपितृशुश्रूषा न च दैवतपूजनम्।
नान्यो गुणसमाचारः पुरुषस्य सुखावहः॥ ३० ॥

माता-पिताकी सेवा, देवताओंकी पूजा [illegible] अन्य सद्गुणयुक्त सदाचार भी बुरे दिनोंमें किसी पुरुषके लिये सुखदायक नहीं होता है ॥ ३० ॥

न विद्या न तपो दानं न मित्राणि न बान्धवाः।
शक्नुवन्ति परित्रातुं नरं कालेन पीडितम्॥ ३१ ॥

कालसे पीडित हुए मनुष्यको न विद्या, न तप, न दान, न मित्र और न बन्धु-बान्धव ही कष्टसे बचा पाते हैं ॥

नागामिनमनर्थं हि प्रतिघातशतैरपि।
शक्नुवन्ति प्रतिव्योढुमृते बुद्धिबलान्नराः॥ ३२ ॥

मनुष्य बुद्धि-बलके सिवा और किसी उपायसे सैकड़ों आघात करके भी आनेवाले अनर्थको नहीं रोक सकते ॥ ३२ ॥

पर्यायैर्हन्यमानानां परित्राता न विद्यते।
इदं तु दुःखं यच्छक्र कर्ताहमिति मन्यसे॥ ३३ ॥

कालक्रमसे जिनपर आघात होता है—स्वयं काल जिन्हें पीड़ा देता है, उनकी रक्षा कोई नहीं कर सकता। शक्र! तुम जो अपनेको इस परिस्थितिका कर्ता मानते हो, यही तुम्हारे लिये दुःखकी बात है ॥ ३३ ॥

यदि कर्ता भवेत् कर्ता न क्रियेत कदाचन।
यस्मात्तु क्रियते कर्ता तस्मात् कर्ताप्यनीश्वरः॥ ३४ ॥

यदि कार्य करनेवाला पुरुष स्वयं ही कर्ता होता

उसको उत्पन्न करनेवाला दूसरा कोई कभी न होता। वह दूसरेके द्वारा [illegible] किया जाता है; इसलिये कालके सिवा दूसरा कोई कर्ता नहीं है ॥ ३४ ॥

कालेनाहं त्वामजयं कालेनाहं जितस्त्वया ।
गन्ता गतिमतां [illegible] कलयति प्रजाः ॥ ३५ ॥

कालकी सहायता पाकर मैंने तुमपर विजय पायी थी और कालके ही सहयोगसे अब तुमने मुझे पराजित कर दिया है। काल ही जानेवाले प्राणियोंके साथ जाता या उन्हें गमनकी शक्ति प्रदान करता है और वही समस्त प्रजाका संहार करता है ॥ ३५ ॥

इन्द्र प्राकृतया बुद्ध्या प्रलयं नावबुद्ध्यसे ।
केचित् त्वां बहु मन्यन्ते श्रैष्ठ्यं प्राप्तं स्वकर्मणा ॥ ३६ ॥

इन्द्र ! तुम्हारी बुद्धि साधारण है; इसलिये उसके द्वारा तुम एक-न-एक दिन अवश्य होनेवाले अपने विनाशको [illegible] नहीं [illegible] पाते। संसारमें कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो तुम्हें अपने ही पराक्रमसे श्रेष्ठताको प्राप्त हुआ मानते और तुम्हें अधिक महत्त्व देते हैं ॥ ३६ ॥

कथमस्मद्विधो नाम जानँल्लोकप्रवृत्तयः ।
कालेनाभ्याहतः शोचेन्मुह्येद् वाप्यथ विभ्रमेत् ॥ ३७ ॥

किंतु मेरे-जैसा पुरुष जो जगत्की प्रवृत्तिको जानता है—उन्नति और अवनतिका कारण काल—प्रारब्ध ही है; ऐसा समझता है, वह तुम्हें महत्त्व कैसे दे सकता है? जो कालसे पीड़ित है, वह प्राणी शोकग्रस्त, मोहित अथवा भ्रान्त भी हो सकता है ॥ ३७ ॥

नित्यं कालपरीतस्य [illegible] वा मद्विधस्य वा ।
बुद्धिर्व्यसनमासाद्य भिन्ना नौरिव सीदति ॥ ३८ ॥

मैं होऊँ या मेरे-जैसा दूसरा कोई पुरुष हो, जब [illegible] (प्रारब्ध) से [illegible] हो [illegible] है, [illegible] सदा ही उसकी बुद्धि संकटमें पड़कर फटी हुई नौकाके समान शिथिल हो जाती है ॥ ३८ ॥

अहं च त्वं च ये चान्ये भविष्यन्ति सुराधिपाः ।
ते सर्वे [illegible] यास्यन्ति मार्गमिन्द्रशतैर्गतम् ॥ ३९ ॥

इन्द्र ! मैं, तुम या और जो लोग भी देवेश्वरके पदपर प्रतिष्ठित होंगे, वे [illegible] के-सब उसी मार्गपर जायँगे, जिसपर पहलेके सैकड़ों इन्द्र जा चुके हैं ॥ ३९ ॥

त्वामप्येवं सुदुर्धर्षं ज्वलन्तं परया श्रिया ।
काले परिणते [illegible] कालयिष्यति मामिव ॥ ४० ॥

यद्यपि आज तुम इस [illegible] दुर्धर्ष हो और अत्यन्त तेजसे प्रज्वलित हो रहे हो; किंतु जब समय परिवर्तित होगा, अर्थात् जब तुम्हारा प्रारब्ध खराब होगा, तब मेरी ही भाँति तुम्हें भी काल अपना शिकार बना लेगा—इन्द्रपदसे भ्रष्ट कर देगा ॥ ४० ॥

बहूनीन्द्रसहस्राणि दैवतानां युगे युगे ।
अभ्यतीतानि कालेन कालो हि दुरतिक्रमः ॥ ४१ ॥

युग-युगमें (प्रत्येक मन्वन्तरमें) इन्द्रोंका परिवर्तन होनेके कारण अबतक देवताओंके अनेक सहस्र इन्द्र कालके गालमें चले गये हैं; अतः कालका उल्लङ्घन करना किसीके लिये अत्यन्त कठिन है ॥ ४१ ॥

इदं तु लब्ध्वा संस्थानमात्मानं बहु मन्यसे ।
सर्वभूतभवं देवं ब्रह्माणमिव शाश्वतम् ॥ ४२ ॥
न चेदमचलं स्थानमनन्तं वापि कस्यचित् ।
त्वं तु बालिशया बुद्ध्या ममेदमिति मन्यसे ॥ ४३ ॥

तुम इस शरीरको [illegible] समस्त प्राणियोंको जन्म देनेवाले [illegible] देव भगवान् ब्रह्माजीकी भाँति अपनेको बहुत बड़ा मानते हो; किंतु तुम्हारा यह इन्द्रपद आजतक (किसीके लिये भी) अविचल या अनन्त कालतक रहनेवाला नहीं सिद्ध हुआ—इसपर कितने ही आये और चले गये। केवल तुम्हीं अपनी मूढबुद्धिके कारण इसे अपना मानते हो ॥ ४२-४३ ॥

अविश्वस्ते विश्वसिषि मन्यसे चाध्रुवे ध्रुवम् ।
नित्यं कालपरीतात्मा भवत्येवं सुरेश्वर ॥ [illegible] ॥

देवेश्वर ! नाशवान् होनेके कारण जो विश्वासके योग्य नहीं है, [illegible] राज्यपर तुम विश्वास करते हो और जो अस्थिर है, उसे स्थिर मानते हो; किंतु इसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है; क्योंकि कालने जिसके हृदयपर अधिकार कर लिया हो, वह सदा ऐसी ही विपरीत भावनासे भावित होता है ॥ ४४ ॥

ममेयमिति मोहात् त्वं राजश्रियमभीप्ससि ।
नेयं तव न चास्माकं न चान्येषां स्थिरा सदा ॥ ४५ ॥

[illegible] मोहवश जिस राजलक्ष्मीको 'यह मेरी है' ऐसा [illegible] पाना चाहते हो, [illegible] न तुम्हारी है, न हमारी है और न दूसरोंकी ही है। [illegible] किसीके पास भी सदा स्थिर नहीं रहती ॥ ४५ ॥

अतिक्रम्य बहूनन्यांस्त्वयि तावदियं गता ।
कंचित् कालमियं स्थित्वा त्वयि वासव चञ्चला ॥ ४६ ॥
गौर्निपानमिवोत्सृज्य पुनरन्यं गमिष्यति ।

वासव ! यह चञ्चला राजलक्ष्मी दूसरे बहुत-से राजाओंको लाँघकर इस समय तुम्हारे पास आयी है और कुछ [illegible] तुम्हारे यहाँ ठहरकर फिर उसी तरह दूसरेके पास

चली जायगी, जैसे गौ [illegible] पीनेके स्थानका परित्याग करके चली जाती है ॥ ४६½ ॥

राजलोका ह्यतिक्रान्ता यान्न संख्यातुमुत्सहे ॥ ४७ ॥
त्वत्तो बहुतराश्चान्ये भविष्यन्ति पुरंदर ।

पुरंदर ! अबतक इसने जितने राजाओंका परित्याग किया है, उनकी गणना [illegible] नहीं कर सकता । तुम्हारे [illegible] भी बहुत-से नरेश इसके अधिकारी होंगे ॥ ४७½ ॥

सवृक्षौषधिरत्नेयं सहसत्त्ववनाकरा ॥ ४८ ॥
तानिदानीं न पश्यामि यैर्भुक्तेयं पुरा मही ।

जिन लोगोंने पहले वृक्ष, ओषधि, रत्न, जीव-जन्तु, वन और खानोंसहित इस सारी पृथ्वीका उपभोग किया है, उन सबको मैं इस समय नहीं देखता [illegible] ॥ ४८½ ॥

पृथुरैलो मयो भीमो [illegible] शम्बरस्तथा ॥ ४९ ॥
अश्वग्रीवः पुलोमा च स्वर्भानुरमितध्वजः ।
प्रह्लादो नमुचिर्दक्षो विप्रचित्तिर्विरोचनः ॥ ५० ॥
ह्रीनिषेवः सुहोत्रश्च भूरिहा पुष्पवान् वृषः ।
सत्येषुर्ऋषभो बाहुः कपिलाश्वो विरूपकः ॥ ५१ ॥
बाणः कार्तस्वरो वह्निर्विश्वदंष्ट्रोऽथ नैर्ऋतिः ।
संकोचोऽथ वरीताक्षो वराहाश्वो रुचिप्रभः ॥ ५२ ॥
विश्वजित् प्रतिरूपश्च वृषाण्डो विष्करो मधुः ।
हिरण्यकशिपुश्चैव कैटभश्चैव दानवः ॥ ५३ ॥
दैतेया दानवाश्चैव सर्वे ते नैर्ऋतैः सह ।
एते चान्ये च [illegible] पूर्वे पूर्वतराश्च ये ॥ ५४ ॥
दैत्येन्द्रा दानवेन्द्राश्च यांश्चान्याननुशुश्रुम ।
[illegible] पूर्वदैत्येन्द्राः संत्यज्य पृथिवीं गताः ॥ ५५ ॥
कालेनाभ्याहताः सर्वे कालो हि बलवत्तरः ।

पृथु, इलानन्दन पुरूरवा, मय, भीम, नरकासुर, शम्बरासुर, अश्वग्रीव, पुलोमा, स्वर्भानु, अमितध्वज, प्रह्लाद, नमुचि, [illegible] विप्रचित्ति, विरोचन, ह्रीनिषेव, सुहोत्र, भूरिहा, पुष्पवान्, वृष, सत्येषु, ऋषभ, बाहु, कपिलाश्व, विरूपक, बाण, कार्तस्वर, वह्नि, विश्वदंष्ट्र, नैर्ऋति, संकोच, वरीताक्ष, वराहाश्व, रुचिप्रभ, विश्वजित्, प्रतिरूप, वृषाण्ड, विष्कर, मधु, हिरण्यकशिपु और कैटभ—ये तथा और भी बहुत-से दैत्य, दानव एवं राक्षस सभी इस पृथ्वीके स्वामी हो चुके हैं । पहलेके और बहुत पहलेके ये पूर्वोक्त तथा अन्य अनेक दैत्यराज, दानवराज एवं दूसरे-दूसरे नरेश जिनका नाम हमलोग सुनते आ रहे हैं, कालसे पीड़ित हो सभी इस पृथ्वीको छोड़कर चले गये; क्योंकि [illegible] ही सबसे बड़ा बलवान् है ॥ ४९—५५½ ॥

सर्वैः क्रतुशतैरिष्टं न त्वमेकः शतक्रतुः ॥ ५६ ॥
सर्वे धर्मपराश्चासन् सर्वे सततसत्रिणः ।
अन्तरिक्षचराः सर्वे सर्वेऽभिमुखयोधिनः ॥ ५७ ॥

केवल तुमने ही सौ यज्ञोंका अनुष्ठान किया हो, यह [illegible] नहीं है । उन सभी राजाओंने सौ-सौ यज्ञ किये थे । सभी धर्मपरायण थे और सभी निरन्तर यज्ञमें संलग्न रहते थे । वे सभी आकाशमें विचरनेकी शक्ति रखते थे और युद्धमें शत्रुके सामने डटकर लोहा लेनेवाले थे ॥ ५६-५७ ॥

सर्वे संहननोपेताः सर्वे परिघबाहवः ।
सर्वे मायाशतधराः सर्वे ते कामरूपिणः ॥ ५८ ॥

वे सब-के-सब सुदृढ शरीरसे सुशोभित होते थे । उन सबकी भुजाएँ परिघ (लोहदण्ड) के समान मोटी और मजबूत [illegible] । वे सभी सैकड़ों माया जानते और इच्छानुसार रूप [illegible] करते थे ॥ ५८ ॥

सर्वे समरमासाद्य [illegible] श्रूयन्ते पराजिताः ।
सर्वे सत्यव्रतपराः सर्वे कामविहारिणः ॥ ५९ ॥

वे [illegible] लोग समराङ्गणमें पहुँचकर कभी पराजित होते नहीं सुने गये थे । सभी [illegible] पालन करनेमें [illegible] और [illegible] विहार करनेवाले थे ॥ ५९ ॥

सर्वे वेदव्रतपराः सर्वे चैव बहुश्रुताः ।
सर्वे सम्मतमैश्वर्यमीश्वराः प्रतिपेदिरे ॥ ६० ॥

सभी वेदोक्त व्रतको धारण करनेवाले और बहुश्रुत विद्वान् थे । सभी लोकेश्वर थे और सबने मनोवाञ्छित ऐश्वर्य [illegible] किया था ॥ ६० ॥

[illegible] चैश्वर्यमदस्तेषां भूतपूर्वो महात्मनाम् ।
सर्वे यथार्हदातारः सर्वे विगतमत्सराः ॥ ६१ ॥

उन महामना नरेशोंको पहले कभी भी ऐश्वर्यका मद नहीं हुआ [illegible] । वे सब-के-सब यथायोग्य दान करनेवाले और ईर्ष्या-द्वेषसे रहित थे ॥ ६१ ॥

सर्वे सर्वेषु भूतेषु यथावत् प्रतिपेदिरे ।
सर्वे दाक्षायणीपुत्राः प्राजापत्या महाबलाः ॥ ६२ ॥

वे सभी सम्पूर्ण प्राणियोंके [illegible] यथायोग्य बर्ताव करते [illegible] । उन सबका जन्म दक्ष-कन्याओंके गर्भसे हुआ था और वे सभी महाबलशाली वीर प्रजापति कश्यपकी संतान थे ॥

ज्वलन्तः प्रतपन्तश्च कालेन प्रतिसंहृताः ।
त्वं चैवेमां यदा भुक्त्वा पृथिवीं त्यक्ष्यसे पुनः ॥ ६३ ॥
न शक्ष्यसि तदा [illegible] नियन्तुं शोकमात्मनः ।

इन्द्र ! वे सभी नरेश अपने तेजसे प्रज्वलित होनेवाले और प्रतापी थे, किंतु कालने उन [illegible] संहार कर दिया ।

तुम जब इस पृथ्वीका उपभोग करके पुनः इसे छोड़ोगे, तब अपने शोकको रोकनेमें समर्थ न हो सकोगे ॥ ६३½ ॥

मुञ्चेच्छां कामभोगेषु मुञ्चेमं श्रीभवं मदम् ॥ ६४ ॥
एवं स्वराज्यनाशे त्वं शोकं सम्प्रसहिष्यसि ।

तुम काम-भोगकी इच्छाको छोड़ो और राजलक्ष्मीके इस मदको त्याग दो । इस दशामें यदि तुम्हारे [illegible] नाश हो जाय तो तुम उस शोकको सह सकोगे ॥ ६४½ ॥

शोककाले शुचो मा त्वं हर्षकाले च मा हृषः ॥ ६५ ॥
अतीतानागतं हित्वा प्रत्युत्पन्नेन वर्तय ।

तुम शोकका अवसर आनेपर शोक न करो और हर्षके समय हर्षित [illegible] होओ । भूत और भविष्यकी चिन्ता छोड़कर वर्तमान कालमें जो वस्तु उपलब्ध हो, उसीसे जीवन-निर्वाह करो ॥ ६५½ ॥

मां चेदभ्यागतः कालः सदा युक्तमतन्द्रितः ॥ ६६ ॥
क्षमस्व नचिरादिन्द्र त्वामप्युपगमिष्यति ।

इन्द्र ! मैं सदा सावधान रहता था, तथापि कभी [illegible] न करनेवाले कालका यदि मुझपर आक्रमण हो गया तो तुमपर भी शीघ्र ही उस [illegible] होगा । इस [illegible] सत्यके लिये मुझे क्षमा करना ॥ ६६½ ॥

त्रासयन्निव देवेन्द्र वाग्भिस्तक्षसि मामिह ॥ ६७ ॥
संयते मयि नूनं त्वमात्मानं बहु मन्यसे ।

देवेन्द्र ! इस समय भयभीत करते हुए-से तुम यहाँ अपने वाग्बाणोंसे मुझे छेदे डालते हो । [illegible] अपनेको संयममें रखकर [illegible] बैठा हूँ; इसीलिये अवश्य तुम अपनेको बहुत बड़ा समझने लगे हो ॥ ६७½ ॥

कालः प्रथममायान्मां पश्चात् त्वामनुधावति ॥ ६८ ॥
तेन गर्जसि देवेन्द्र पूर्वं कालहते मयि ।

देवराज ! जिस [illegible] पहले मुझपर धावा हुआ है, वही पीछे तुमपर भी चढ़ाई करेगा । मैं पहले कालसे पीड़ित हो गया हूँ; इसीलिये तुम सामने खड़े होकर गरज रहे हो ॥

को [illegible] स्थातुमलं लोके मम क्रुद्धस्य संयुगे ॥ ६९ ॥
कालस्तु बलवान् प्राप्तस्तेन तिष्ठसि वासव ।

अन्यथा संसारमें कौन ऐसा वीर है, जो युद्धमें कुपित होनेपर मेरे सामने ठहर सके । इन्द्र ! बलवान् काल (अदृष्ट) ने मुझपर आक्रमण किया है, इसीसे तुम मेरे [illegible] खड़े हुए हो ॥ ६९½ ॥

यत् तद् वर्षसहस्रान्तं पूर्णं भवितुमर्हति ॥ [illegible] ॥
यथा मे सर्वगात्राणि न सुस्थानि महौजसः ।
अहमैन्द्राच्च्युतः स्थानात् त्वमिन्द्रः प्रकृतो दिवि ॥ ७१ ॥

देवताओंका [illegible] सहस्रों वर्षका समय अब पूरा होना ही चाहता है, [illegible] कि तुम्हें इन्द्रके पदपर रहना है । कालके [illegible] प्रभावसे मुझ महाबली वीरके अब सारे अङ्ग उतने [illegible] नहीं रह गये [illegible] । [illegible] इन्द्रपदसे गिरा दिया गया और तुम स्वर्गमें इन्द्र बना दिये गये ॥ ७०-७१ ॥

सुचित्रे जीवलोकेऽस्मिन्नुपास्यः कालपर्ययात् ।
किं हि कृत्वा त्वमिन्द्रोऽद्य किं वा कृत्वा वयं च्युताः ॥ ७२ ॥

कालके उलट-फेरसे ही इस विचित्र जीवलोकमें तुम सबके आराध्य बन गये हो । भला बताओ तो तुम कौन-सा [illegible] कर्म करके आज इन्द्र हो गये और हम कौन-सा अशुभ कर्म करके इन्द्रपदसे नीचे गिर गये ॥ ७२ ॥

कालः कर्ता विकर्ता च सर्वमन्यदकारणम् ।
नाशं विनाशमैश्वर्यं सुखं दुःखं भवाभवौ ॥ ७३ ॥
विद्वान् प्राप्यैवमत्यर्थं न प्रहृष्येन्न च व्यथेत् ।

काल (प्रारब्ध) ही सबकी उत्पत्ति और संहारका कर्ता है । दूसरी सारी वस्तुएँ इसमें कारण नहीं मानी जा सकतीं; अतः विद्वान् पुरुष नाश-विनाश, ऐश्वर्य, सुख-दुःख, अभ्युदय या पराभव पाकर न तो अत्यन्त हर्ष माने और [illegible] अधिक व्यथित ही हो ॥ ७३½ ॥

त्वमेव हीन्द्र वेत्थास्मान् वेदाहं त्वां च [illegible] ॥ ७४ ॥
किं कत्थसे मां [illegible] त्वं कालेन निरपत्रपः ।

इन्द्र ! हम कैसे हैं, यह तुम्हीं अच्छी तरह जानते हो । वासव ! मैं तुम्हें भली-भाँति जानता हूँ; फिर भी तुम लज्जाको तिलाञ्जलि दे क्यों मेरे सामने व्यर्थ आत्मश्लाघा कर रहे [illegible] । वास्तवमें [illegible] ही यह सब कुछ करा [illegible] है ॥ ७४½ ॥

त्वमेव हि पुरा वेत्थ यत् तदा पौरुषं मम ॥ ७५ ॥
समरेषु च विक्रान्तं पर्याप्तं तन्निदर्शनम् ।

पहले [illegible] जो पुरुषार्थ [illegible] कर चुका हूँ, उसको सबसे अधिक तुम्हीं जानते हो । कई बारके युद्धोंमें तुम मेरा पराक्रम देख चुके हो । इस समय [illegible] ही दृष्टान्त देना काफी होगा ॥

आदित्याश्चैव रुद्राश्च साध्याश्च वसुभिः सह ॥ ७६ ॥
मया विनिर्जिताः पूर्वं मरुतश्च शचीपते ।
त्वमेव शक्र जानासि देवासुरसमागमे ॥ ७७ ॥

शचीवल्लभ इन्द्र ! पहले जब देवासुरसंग्राम हुआ था, [illegible] समयकी [illegible] तुम्हें अच्छी तरह याद होगी । मैंने अकेले ही समस्त आदित्यों, रुद्रों, साध्यों, वसुओं तथा मरुद्गणोंको परास्त किया था ॥ ७६-७७ ॥

समेता विबुधा भग्नास्तरसा समरे मया ।
पर्वताश्चासकृत् क्षिप्ताः सवनाः सवनौकसः ॥ ७८ ॥

सटङ्कशिखरा भग्नाः समरे मूर्ध्नि ते मया ।
किं [illegible] शक्यं मया कर्तुं कालो हि दुरतिक्रमः ॥ ७९ ॥

मेरे वेगसे सब देवता युद्धका मैदान छोड़कर एक [illegible] ही भाग खड़े हुए थे। वन एवं वनवासियोंसहित कितने ही पर्वत, मैंने बारबार तुमलोगोंपर चलाये थे। तुम्हारे सिरपर भी सुदृढ़ पाषाण और शिखरोंसहित बहुत-से पर्वत मैंने फोड़ डाले थे; किंतु इस समय मैं क्या कर सकता हूँ; क्योंकि [illegible] उल्लङ्घन करना बहुत कठिन है ॥ ७८-७९ ॥

[illegible] हि त्वां नोत्सहे हन्तुं सवज्रमपि मुष्टिना ।
न [illegible] विक्रमकालोऽयं क्षमाकालोऽयमागतः ॥ ८० ॥

तुम्हारे हाथमें वज्र रहनेपर भी मैं केवल मुक्केसे मारकर तुम्हें यमलोक न पहुँचा सकूँ, ऐसी बात नहीं है। किंतु मेरे लिये यह पराक्रम दिखानेका नहीं, क्षमा करनेका समय आया है ॥ ८० ॥

तेन त्वां मर्षये [illegible] दुर्मर्षणतरस्त्वया ।
तं मां परिणते काले परीतं कालवह्निना ॥ ८१ ॥
नियतं कालपाशेन बद्धं शक्र विकत्थसे ।

इन्द्र ! यही कारण है कि [illegible] तुम्हारे सब अपराध चुपचाप सहे लेता हूँ। अब भी मेरा वेग तुम्हारे लिये अत्यन्त दुःसह है। किंतु जब समयने पलटा खाया है, कालरूपी अग्निने मुझे सब ओरसे घेर लिया है और मैं कालपाशसे निश्चितरूपसे बँध गया हूँ, तब तुम मेरे सामने खड़े होकर अपनी झूठी बड़ाई किये जा रहे हो ॥ ८१½ ॥

अयं [illegible] पुरुषः श्यामो लोकस्य दुरतिक्रमः ॥ ८२ ॥
बद्ध्वा तिष्ठति मां रौद्रः पशुं रशनया यथा ।

जैसे मनुष्य रस्सीसे किसी पशुको बाँध लेता है, उसी प्रकार यह भयंकर कालपुरुष मुझे अपने पाशमें बाँधे खड़ा है ॥ ८२½ ॥

लाभालाभौ सुखं दुःखं कामक्रोधौ भवाभवौ ॥ ८३ ॥
वधबन्धप्रमोक्षं च सर्वं कालेन लभ्यते ।

पुरुषको लाभ-हानि, सुख-दुःख, काम-क्रोध, अभ्युदय-पराभव, वध, कैद और कैदसे छुटकारा—यह सब काल (प्रारब्ध) [illegible] ही [illegible] होते हैं ॥ ८३½ ॥

नाहं कर्ता न कर्ता त्वं कर्ता यस्तु सदा प्रभुः ॥ ८४ ॥
सोऽयं पचति कालो मां वृक्षे फलमिवागतम् ।

न मैं कर्ता हूँ, न तुम कर्ता हो। जो वास्तवमें सदा कर्ता है, वह सर्वसमर्थ काल वृक्षपर लगे हुए फलके [illegible] मुझे पका रहा है ॥ ८४½ ॥

यान्येव पुरुषः कुर्वन् सुखैः कालेन युज्यते ॥ ८५ ॥
पुनस्तान्येव कुर्वाणो दुःखैः कालेन युज्यते ।

पुरुष कालका सहयोग पाकर जिन कर्मोंको करनेसे सुखी होता है, कालका सहयोग न मिलनेसे पुनः उन्हीं कर्मोंको करके वह दुःखका भागी होता है ॥ ८५½ ॥

न च कालेन कालज्ञः स्पृष्टः शोचितुमर्हति ॥ ८६ ॥
तेन [illegible] न शोचामि नास्ति शोके सहायता ।

इन्द्र ! जो कालके प्रभावको जानता है, वह उससे आक्रान्त होकर भी शोक नहीं करता; क्योंकि विपत्ति दूर करनेमें शोकसे कोई सहायता नहीं मिलती, इसलिये मैं शोक नहीं [illegible] हूँ ॥ ८६½ ॥

यदा हि शोचतः शोको व्यसनं नापकर्षति ॥ ८७ ॥
सामर्थ्यं शोचतो नास्तीत्यतोऽहं नाद्य शोचिमि ।

जब शोक करनेवाले पुरुषका शोक उसके संकटको दूर नहीं हटा पाता है, उलटे शोकग्रस्त मनुष्यकी शक्ति क्षीण हो जाती है, तब शोक क्यों किया जाय ? यही सोचकर मैं शोक नहीं करता हूँ ॥ ८७½ ॥

एवमुक्तः सहस्राक्षो भगवान् पाकशासनः ॥ ८८ ॥
प्रतिसंहृत्य संरम्भमित्युवाच शतक्रतुः ।

बलिके ऐसा कहनेपर सहस्रनेत्रधारी पाकशासन शतक्रतु [illegible] भगवान् इन्द्रने अपने क्रोधको रोककर इस प्रकार कहा— ॥

सवज्रमुद्यतं बाहुं दृष्ट्वा पाशांश्च वारुणान् ॥ ८९ ॥
कस्येह [illegible] व्यथेद् बुद्धिर्मृत्योरपि जिघांसतः ।
सा ते [illegible] व्यथते बुद्धिरचला तत्त्वदर्शिनी ॥ ९० ॥

'दैत्यराज ! मेरे हाथको वज्र एवं वरुणपाशसहित ऊपर उठा देखकर मारनेकी इच्छासे आयी हुई मृत्युका भी दिल दहल जाता है; फिर दूसरा कौन है जिसकी बुद्धि व्यथित न हो। तुम्हारी बुद्धि तत्त्वको जाननेवाली और स्थिर है; इसलिये तनिक भी विचलित नहीं होती है ॥ ८९-९० ॥

ध्रुवं न व्यथसेऽद्य त्वं धैर्यात् सत्यपराक्रम ।
को हि विश्वासमर्थेषु शरीरे वा शरीरभृत् ॥ ९१ ॥
कर्तुमुत्सहते लोके दृष्ट्वा सम्प्रस्थितं जगत् ।

'सत्यपराक्रमी वीर ! तुम निश्चय ही धैर्यके कारण व्यथित नहीं होते हो। इस सम्पूर्ण जगत्को विनाशकी ओर जाते देखकर कौन शरीरधारी पुरुष धन-वैभव, विषय-भोग अथवा अपने शरीरपर भी विश्वास कर सकता है ? ॥ ९१½ ॥

अहमप्येवमेवैनं लोकं जानाम्यशाश्वतम् ॥ ९२ ॥
कालाग्नावाहितं घोरे गुह्ये सततगेऽक्षरे ।

'मैं भी इसी प्रकार सर्वव्यापी, अविनाशी

घोर एवं गुह्य कालाग्निमें पड़े हुए इस जगत्‌को क्षण-भङ्गुर ही जानता हूँ ॥ ९२½ ॥

न चात्र परिहारोऽस्ति कालस्पृष्टस्य कस्यचित् ॥ ९३ ॥
सूक्ष्माणां महतां चैव भूतानां परिपच्यताम् ।

'जो कालकी पकड़में आ चुका है, ऐसे किसी भी पुरुषके लिये उससे छूटनेका कोई उपाय नहीं है। सूक्ष्मसे सूक्ष्म और महान् भूत भी कालाग्निमें पकाये जा रहे हैं, उनका भी उससे छुटकारा होनेवाला नहीं है ॥ ९३½ ॥

अनीशस्याप्रमत्तस्य भूतानि पचतः सदा ॥ ९४ ॥
अनिवृत्तस्य कालस्य क्षयं प्राप्तो न मुच्यते ।

'कालपर किसीका भी वश नहीं चलता। वह सदा सावधान रहकर सम्पूर्ण भूतोंको पकाता रहता है। वह कभी लौटनेवाला नहीं है। ऐसे कालके अधीन हुआ प्राणी उससे छुटकारा नहीं पाता है ॥ ९४½ ॥

अप्रमत्तः प्रमत्तेषु कालो जागर्ति देहिषु ॥ ९५ ॥
प्रयत्नेनाप्यपक्रान्तो दृष्टपूर्वो न केनचित् ।

'देहधारी जीव प्रमादमें पड़कर सोते हैं; किंतु काल सदा सावधान रहकर जागता रहता है। किसीके प्रयत्नसे भी कालको पीछे हटाया जा सका हो, ऐसा पहले कभी किसीने देखा नहीं है ॥ ९५½ ॥

पुराणः शाश्वतो धर्मः सर्वप्राणभृतां समः ॥ ९६ ॥
कालो न परिहार्यश्च न चास्यास्ति व्यतिक्रमः ।

'काल पुरातन (अनादि), सनातन, धर्मस्वरूप और समस्त प्राणियोंके प्रति समान दृष्टि रखनेवाला है। कालका किसीके द्वारा भी परिहार नहीं हो सकता और न उसका कोई उल्लङ्घन ही कर सकता है ॥ ९६½ ॥

अहोरात्रांश्च मासांश्च क्षणान् काष्ठा लवान् कलाः ॥ ९७ ॥
सम्पीडयति यः कालो वृद्धिं वार्धुषिको यथा ।

जैसे ऋण देनेवाला पुरुष ब्याजका हिसाब जोड़कर ऋण लेनेवालोंको तंग करता है, उसी प्रकार यह काल दिन, रात, मास, क्षण, काष्ठा, लव और कला सबका हिसाब लगाकर प्राणियोंको पीड़ा देता रहता है ॥ ९७½ ॥

इदमद्य करिष्यामि श्वः कर्तास्मीति वादिनम् ॥ ९८ ॥
कालो हरति सम्प्राप्तो नदीवेग इव द्रुमम् ।

'जैसे नदीका वेग सहसा बढ़कर किनारेके वृक्षका हरण कर लेता है। उसी प्रकार 'यह आज करूँगा और वह कल पूरा करूँगा।' ऐसा कहनेवाले पुरुषका काल सहसा आकर हरण कर लेता है ॥ ९८½ ॥

इदानीं तावदेवासौ मया दृष्टः कथं मृतः ॥ ९९ ॥
इति कालेन ह्रियतां प्रलापः श्रूयते नृणाम् ।

"अरे! अभी-अभी तो मैंने उसे देखा था। वह मर कैसे गया?' इस प्रकार कालसे अपहृत होनेवालोंके लिये अन्य मनुष्योंका प्रलाप सुना जाता है ॥ ९९½ ॥

नश्यन्त्यर्थास्तथा भोगाः स्थानमैश्वर्यमेव च ॥ १०० ॥
जीवितं जीवलोकस्य कालेनागम्य नीयते ।

'धन और भोग नष्ट हो जाते हैं। स्थान और ऐश्वर्य छिन जाता है तथा इस जीव-जगत्‌के जीवनको भी काल आकर हर ले जाता है ॥ १००½ ॥

उच्छ्राया विनिपातान्ता भावोऽभावः स एव च ॥ १०१ ॥
अनित्यमध्रुवं सर्वं व्यवसायो हि दुष्करः ।

'ऊँचे चढ़नेका अन्त है नीचे गिरना तथा जन्मका अन्त है मृत्यु। जो कुछ देखनेमें आता है, वह सब नाशवान् है, अस्थिर है तो भी इसका निरन्तर स्मरण रहना कठिन हो जाता है ॥ १०१½ ॥

सा ते न व्यथते बुद्धिरचला तत्त्वदर्शिनी ॥ १०२ ॥
अहमासं पुरा चेति मनसापि न बुद्ध्यसे ।

'अवश्य ही तुम्हारी बुद्धि तत्त्वको जाननेवाली तथा स्थिर है, इसीलिये उसे व्यथा नहीं होती। मैं पहले अत्यन्त ऐश्वर्यशाली था, इस बातको तुम मनसे भी याद नहीं करते ॥ १०२½ ॥

कालेनाक्रम्य लोकेऽस्मिन् पच्यमाने बलीयसा ॥ १०३ ॥
अज्येष्ठमकनिष्ठं च क्षिप्यमाणो न बुद्ध्यते ।

'अत्यन्त बलवान् काल इस सम्पूर्ण जगत्पर आक्रमण करके सबको अपनी आँचमें पका रहा है। वह इस बातको नहीं देखता है कि कौन छोटा है और कौन बड़ा? सब लोग कालाग्निमें झोंके जा रहे हैं, फिर भी किसीको चेत नहीं होता ॥ १०३½ ॥

ईर्ष्याभिमानलोभेषु कामक्रोधभयेषु च ॥ १०४ ॥
स्पृहामोहाभिमानेषु लोकः सक्तो विमुह्यति ।

'लोग ईर्ष्या, अभिमान, लोभ, काम, क्रोध, भय, स्पृहा, मोह और अभिमानमें फँसकर अपना विवेक खो बैठे हैं ॥ १०४½ ॥

भवांस्तु भावतत्त्वज्ञो विद्वान् ज्ञानतपोऽन्वितः ॥ १०५ ॥
कालं पश्यति सुव्यक्तं पाणावामलकं यथा ।
कालचारित्रतत्त्वज्ञः सर्वशास्त्रविशारदः ॥ १०६ ॥
विवेचने कृतात्मासि स्पृहणीयो विजानताम् ।
सर्वलोको ह्ययं मन्ये बुद्ध्या परिगतस्त्वया ॥ १०७ ॥

'परंतु तुम विद्वान्, ज्ञानी और तपस्वी हो। समस्त पदार्थोंके तत्त्वको जानते हो। कालकी लीला और उसके तत्त्वको समझते हो। सम्पूर्ण शास्त्रोंके ज्ञानमें निपुण हो। तत्त्वके विवेचनमें कुशल, मनको वशमें रखनेवाले तथा ज्ञानी पुरुषोंके आदर्श हो। इसीलिये हाथपर रक्खे हुए आँवलेके

समान कालको स्पष्टरूपसे देख रहे हो । मेरा तो ऐसा विश्वास है कि तुमने अपनी बुद्धिसे सम्पूर्ण लोकोंका [illegible] जान लिया है ॥ १०५–१०७ ॥

विहरन् सर्वतो मुक्तो न क्वचित् परिषज्जसे ।
[illegible] हि तमश्च त्वां स्पृशते न जितेन्द्रियम् ॥१०८॥

एक हजार चतुर्युगका जो ब्रह्माका एक दिन बताया गया है और उतनी ही बड़ी जो उनकी रात्रि कही गयी है, उसको जो लोग ठीक ठीक जानते हैं, वे ही दिन और रात अर्थात् कालतत्त्वको जाननेवाले हैं ॥ ३१ ॥

प्रतिबुद्धो विकुरुते ब्रह्माक्षय्यं क्षपाक्षये।
सृजते च महद्भूतं तस्माद् व्यक्तात्मकं मनः ॥ ३२ ॥

रात्रि समाप्त होनेपर जाग्रत् हुए ब्रह्माजी पहले अपने [illegible] स्वरूपको मायासे विकारयुक्त बनाते हैं फिर महत्तत्त्वको [illegible] करते हैं। तत्पश्चात् उससे स्थूल जगत्को धारण करनेवाले मनकी उत्पत्ति होती है ॥ ३२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने एकत्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २३१ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकका अनुप्रश्नविषयक दो सौ इकतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २३१ ॥

द्वात्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

व्यासजीका शुकदेवको सृष्टिके उत्पत्ति-क्रम तथा युगधर्मोंका उपदेश

व्यास उवाच

ब्रह्म तेजोमयं शुक्रं [illegible] सर्वमिदं जगत्।
[illegible] ब्रह्मभूतस्य द्वयं स्थावरजङ्गमम् ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा! तेजोमय ब्रह्म ही [illegible] बीज है, उसीसे यह सम्पूर्ण जगत् उत्पन्न हुआ है। उस एक ही ब्रह्मसे स्थावर और जङ्गम दोनोंकी उत्पत्ति होती है ॥

अहर्मुखे विबुद्धः सन् सृजतेऽविद्यया जगत्।
अग्र एव महद्भूतमाशु व्यक्तात्मकं मनः ॥ २ ॥

पहले कह आये हैं, ब्रह्माजी अपने दिनके आरम्भमें जागकर अविद्या (त्रिगुणात्मिका प्रकृतिके) द्वारा सम्पूर्ण जगत्की सृष्टि करते हैं। सबसे पहले महत्तत्त्व प्रकट होता है। उससे स्थूल सृष्टिका आधारभूत मन उत्पन्न होता है ॥

अभिभूयेह चार्चिष्मद् व्यसृजत् सप्त मानसान्।
दूरगं बहुधागामि प्रार्थनासंशयात्मकम् ॥ ३ ॥

उस मनकी दूरतक गति है तथा वह अनेक प्रकारसे गमनागमन करता है। प्रार्थना और संशयवृत्तिवाली वह मन चैतन्यसे संयुक्त होकर सम्पूर्ण पदार्थोंको अभिभूत करके [illegible] मानस ऋषियोंकी सृष्टि करता है ॥ [illegible] ॥

मनः सृष्टिं विकुरुते चोद्यमानं सिसृक्षया।
आकाशं जायते तस्मात् तस्य शब्दं गुणं विदुः ॥ ४ ॥

फिर सृष्टिकी इच्छासे प्रेरित होनेपर मन नाना प्रकारकी सृष्टि करता है। उससे आकाशकी उत्पत्ति होती है। आकाश-का गुण 'शब्द' माना गया है ॥ ४ ॥

आकाशात् तु विकुर्वाणात् सर्वगन्धवहः शुचिः।
बलवाञ्जायते वायुस्तस्य स्पर्शो गुणो मतः ॥ ५ ॥

तत्पश्चात् जब आकाशमें विकार होता है, [illegible] उससे पवित्र और सम्पूर्ण गन्धोंको वहन करनेवाले बलवान् वायु-[illegible] आविर्भाव होता है। उसका गुण 'स्पर्श' माना गया है ॥ ५ ॥

वायोरपि विकुर्वाणाज्ज्योतिर्भवति भास्वरम्।
रोचिष्णु जायते शुक्रं तद्रूपगुणमुच्यते ॥ ६ ॥

फिर वायुमें भी विकार होता है और उससे प्रकाशपूर्ण अग्नि-तत्त्व प्रकट होता है। वह अग्नि-तत्त्व चमचमाता हुआ एवं दीप्तिमान् है। उसका गुण 'रूप' बताया जाता है ॥

ज्योतिषोऽपि विकुर्वाणाद् भवन्त्यापो रसात्मिकाः।
अद्भ्यो गन्धवहा भूमिः सर्वेषां सृष्टिरुच्यते ॥ ७ ॥

फिर अग्नि-तत्त्वमें विकार आनेपर रसमय जल-तत्त्वकी उत्पत्ति होती है। जलसे गन्धका वहन करनेवाली पृथ्वीका प्रादुर्भाव होता है। इस प्रकार पञ्चमहाभूतोंकी सृष्टि बतायी जाती है ॥ ७ ॥

गुणाः सर्वस्य पूर्वस्य प्राप्नुवन्त्युत्तरोत्तरम्।
तेषां यावद् यथा यच्च तत्तत् तावद्गुणं स्मृतम् ॥ ८ ॥

पीछे प्रकट हुए वायु आदि भूत उत्तरोत्तर अपने पूर्ववर्ती सभी भूतोंके गुण धारण करते हैं। इन सब भूतोंमेंसे जो भूत जितने समयतक जिस प्रकार रहता है, उसके गुण [illegible] उतने ही समयतक रहते हैं ॥ ८ ॥

उपलभ्याप्सु चेद्गन्धं केचिद् ब्रूयुरनैपुणात्।

१. इन सप्तर्षियोंके नाम [illegible] प्रकार हैं—

मरीचिरङ्गिराश्चात्रिः पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः।
वसिष्ठ [illegible] सप्तैते मानसा निर्मिता [illegible] ॥

(महा० शान्ति० ३४० । ६९)

मरीचि, अङ्गिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु और वसिष्ठ—ये सातों महर्षि तुम्हारे (ब्रह्माजीके) [illegible] ही अपने मनसे रचे [illegible] हैं।

पृथिव्यामेव तं विद्यादपां वायोश्च संश्रितम् ॥ ९ ॥

यदि कुछ मनुष्य जलमें गन्ध पाकर अयोग्यतावश यह कहने लगें कि यह जलका ही गुण है तो उनका वह कथन मिथ्या होगा; क्योंकि गन्ध वास्तवमें पृथ्वीका गुण है; अतः उसे पृथ्वीमें ही स्थित जानना चाहिये । जल और वायुमें तो वह आगन्तुककी भाँति स्थित होता है ॥ ९ ॥

एते सप्तविधात्मानो नानावीर्याः पृथक् पृथक् ।
नाशक्नुवन् प्रजाः स्रष्टुमसमागम्य कृत्स्नशः ॥ १० ॥

ये नाना प्रकारकी शक्तिवाले महत्तत्त्व, मन (अहंकार) और पञ्चसूक्ष्म महाभूत—सात पदार्थ पृथक् पृथक् रहकर जबतक सब-के-सब मिल न सके; तबतक उनमें प्रजाकी सृष्टि करनेकी शक्ति नहीं आयी ॥ १० ॥

ते समेत्य महात्मानो ह्यन्योन्यमभिसंश्रिताः ।
शरीराश्रयणं प्राप्तास्ततः पुरुष उच्यते ॥ ११ ॥

परंतु ये सातों व्यापक पदार्थ ईश्वरकी इच्छा होनेपर जब एक दूसरेसे मिलकर परस्पर सहयोगी हो गये, तब भिन्न-भिन्न शरीरके आकारमें परिणत हुए । उस शरीर-नामक पुरमें निवास करनेके कारण जीवात्मा पुरुष कहलाता है ॥

शरीरं श्रयणाद् भवति मूर्तिमत् षोडशात्मकम् ।
तमाविशन्ति भूतानि महान्ति सह कर्मणा ॥ १२ ॥

पाँच स्थूल महाभूत, दस इन्द्रियाँ और मन—इन सोलह तत्त्वोंसे शरीरका निर्माण हुआ है । इन [illegible] होनेके कारण ही देहको शरीर कहते हैं । शरीरके उत्पन्न होनेपर उसमें जीवोंके भोगावशिष्ट कर्मोंके साथ सूक्ष्म महाभूत प्रवेश करते हैं ॥ १२ ॥

सर्वभूतान्युपादाय तपसश्चरणाय हि ।
आदिकर्ता स भूतानां तमेवाहुः प्रजापतिम् ॥ १३ ॥

भूतोंके आदि कर्ता ब्रह्माजी ही तपस्याके लिये समस्त सूक्ष्म भूतोंको साथ लेकर समष्टि शरीरमें प्रवेश करके स्थित होते हैं; इसलिये मुनिजन उन्हें प्रजापति कहते हैं ॥

स वै सृजति भूतानि स्थावराणि चराणि च ।
ततः स सृजति ब्रह्मा देवर्षिपितृमानवान् ॥ १४ ॥
लोकान् नदीः समुद्रांश्च दिशः शैलान् वनस्पतीन् ।
नरकिंनररक्षांसि वयःपशुमृगोरगान् ।
अव्ययं च व्ययं चैव द्वयं स्थावरजङ्गमम् ॥ १५ ॥

तदनन्तर वे ब्रह्मा ही चराचर प्राणियोंकी सृष्टि करते हैं । वे ही देवता, ऋषि, पितर, मनुष्य, नाना प्रकारके लोक, नदी, समुद्र, दिशा, पर्वत, वनस्पति, किन्नर, राक्षस, पशु, पक्षी, मृग तथा सर्पोंको भी उत्पन्न करते हैं । अविनाशी आकाश आदि और क्षयशील चराचर प्राणियोंकी सृष्टि भी उन्हींके द्वारा हुई है ॥ १४-१५ ॥

तेषां ये यानि कर्माणि प्राक्सृष्ट्यां प्रतिपेदिरे ।
तान्येव प्रतिपद्यन्ते सृज्यमानाः पुनः पुनः ॥ १६ ॥

पूर्वकल्पकी सृष्टिमें जिन प्राणियोंद्वारा जैसे कर्म किये गये होते हैं, दूसरे कल्पोंमें बारंबार जन्म लेनेपर वे उन पूर्वकृत कर्मोंकी वासनासे प्रभावित होनेके कारण वैसे ही कर्म करने लगते हैं ॥ १६ ॥

हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मावृतानृते ।
तद्भाविताः प्रपद्यन्ते तस्मात् तत् तस्य रोचते ॥ १७ ॥

एक जन्ममें मनुष्य हिंसा अहिंसा, कोमलता-कठोरता, धर्म-अधर्म और सच-झूठ आदि जिन गुणों या दोषोंको अपनाता है, दूसरे जन्ममें भी उनके संस्कारोंसे प्रभावित होकर उन्हीं गुणोंको वह पसंद करता और वैसे ही कार्योंमें लग जाता है ॥ १७ ॥

महाभूतेषु नानात्वमिन्द्रियार्थेषु मूर्तिषु ।
विनियोगं च भूतानां धातैव विदधात्युत ॥ १८ ॥

आकाश आदि महाभूतोंमें, शब्द आदि विषयोंमें तथा देवता आदिकी आकृतियोंमें जो अनेकता और भिन्नता है तथा प्राणियोंकी जो भिन्न-भिन्न कार्योंमें नियुक्ति है, इन सबका विधान विधाता ही करते हैं ॥ १८ ॥

केचित् पुरुषकारं तु प्राहुः कर्मसु मानवाः ।
दैवमित्यपरे विप्राः स्वभावं भूतचिन्तकाः ॥ १९ ॥

कुछ लोग कर्मोंकी सिद्धिमें पुरुषार्थको ही प्रधान मानते हैं । दूसरे ब्राह्मण दैवको प्रधानता देते हैं और भूत-चिन्तक नास्तिकगण स्वभावको ही कार्यसिद्धिका कारण बताते हैं ॥ १९ ॥

पौरुषं कर्म दैवं च फलवृत्तिः स्वभावतः ।
त्रय एतेऽपृथग्भूता न विवेकं तु केचन ॥ २० ॥

कुछ विद्वान् कहते हैं कि पुरुषार्थ, दैव और स्वभावसे अनुगृहीत कर्म—इन तीनोंके सहयोगसे फलकी सिद्धि होती है । ये तीनों मिलकर ही कार्यसाधक होते हैं । इनका अलग-अलग होना कार्यकी सिद्धिका हेतु नहीं होता है ॥

एतमेव च नैवं च न चोभे नानुभे न च ।
कर्मस्था विषयं ब्रूयुः सत्त्वस्थाः समदर्शिनः ॥ २१ ॥

कर्मवादी इस विषयमें यह पुरुषार्थ ही कार्यसाधक है, ऐसा नहीं कहते । ऐसा नहीं है, अर्थात् पुरुषार्थ नहीं, दैव कारण है, यह भी नहीं कहते । दोनों मिलकर कार्यसिद्धिके हेतु हैं, यह भी नहीं कहते और दोनों नहीं हैं, यह भी नहीं कहते हैं । तात्पर्य यह है कि वे इस विषयमें कुछ निश्चय नहीं कर पाते हैं; परंतु जो सत्त्वस्वरूप परमात्मामें स्थित हुए योगी हैं, वे समदर्शी हैं अर्थात् शम (ब्रह्म) को ही कारण मानते हैं ॥ २१ ॥

तपो निःश्रेयसं जन्तोस्तस्य मूलं शमो दमः ।
तेन सर्वानवाप्नोति यान् कामान् मनसेच्छति ॥ २२ ॥

तप ही जीवके कल्याणका मुख्य साधन है । तपका मूल है शम और दम । पुरुष अपने मनसे जिन-जिन कामनाओं

को पाना चाहता है, उन सबको वह तपस्यासे प्राप्त कर लेता है ॥ २२ ॥

तपसा तदवाप्नोति यद्भूतं सृजते जगत्।
स तद्भूतश्च सर्वेषां भूतानां भवति प्रभुः ॥ २३ ॥

तपस्यासे वह उस परमात्मसत्ताको भी [illegible] कर लेता है, जिससे इस जगत्‌की सृष्टि होती है। तपसे परमात्मस्वरूप होकर मनुष्य [illegible] प्राणियोंपर अपना प्रभुत्व स्थापित करता है ॥ २३ ॥

ऋषयस्तपसा वेदानध्यैषन्त दिवानिशम्।
अनादिनिधना विद्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा ॥ २४ ॥

तपके ही प्रभावसे महर्षिगण दिन [illegible] वेदोंका अध्ययन करते थे। तपःशक्तिसे सम्पन्न होकर ही ब्रह्माजीने आदि-अन्तसे रहित वेदमयी वाणीका प्रथम उच्चारण किया ॥ २४ ॥

ऋषीणां नामधेयानि याश्च वेदेषु सृष्टयः।
नानारूपं च भूतानां कर्मणां [illegible] प्रवर्तनम् ॥ २५ ॥
वेदशब्देभ्य एवादौ निर्मिमीते स ईश्वरः।

ऋषियोंके नाम, वेदोक्त सृष्टिक्रमके अनुसार रचे हुए सब पदार्थोंके नाम, प्राणियोंके अनेकविध रूप तथा उनके कर्मोंका विधान—यह सब कुछ वे ऐश्वर्यशाली प्रजापति सृष्टिके आदिकालमें वेदोक्त शब्दोंके अनुसार ही रचते हैं ॥ २५½ ॥

नामधेयानि चर्षीणां याश्च वेदेषु सृष्टयः ॥ २६ ॥
शर्वर्यन्ते सुजातानामन्येभ्यो विदधात्यजः।

वेदोंमें ऋषियोंके नाम तो हैं ही, सृष्टिमें उत्पन्न हुए [illegible] पदार्थोंके भी नाम हैं। अजन्मा ब्रह्माजी अपनी रात्रिके अन्तमें अर्थात् नूतन सृष्टिके प्रभातकालमें अपने द्वारा रचे गये सभी पदार्थोंका दूसरोंके लिये नाम-निर्देश करते हैं ॥ २६½ ॥

नामभेदतपःकर्मयज्ञाख्या लोकसिद्धयः ॥ २७ ॥

फिर ब्रह्माजीने ऋग्वेद आदिके नाम, वर्ण और आश्रम-[illegible] भेद, तप, शम, दम (कृच्छ्र-चान्द्रायणादि [illegible]), कर्म (सन्ध्योपासन आदि नित्य-कर्म) और ज्योतिष्टोम आदि यज्ञ बनाये। ये नाम आदि लौकिक सिद्धियाँ हैं ॥ २७ ॥

आत्मसिद्धिस्तु वेदेषु प्रोच्यते दशभिः क्रमैः।
यदुक्तं वेदवादेषु गहनं वेददर्शिभिः।
तदन्तेषु यथायुक्तं क्रमयोगेन लक्ष्यते ॥ २८ ॥

आत्मा ([illegible] मोक्ष) की सिद्धि तो वेदोंमें दस[1] उपायोंद्वारा बतायी जाती है। जो गहन (दुर्बोध) [illegible] वेदवाक्यों-[illegible] वेददर्शी विद्वानोंद्वारा वर्णित हुआ है और वेदान्तवचनोंमें जिसका स्पष्टरूपसे वर्णन किया [illegible] है, वह क्रमयोगसे लक्षित होता है ॥ २८ ॥

कर्मजोऽयं पृथग्भावो द्वन्द्वयुक्तोऽपि देहिनः।
तमात्मसिद्धिर्विज्ञानाज्जहाति पुरुषो बलात् ॥ २९ ॥

देहाभिमानी जीवको जो यह पृथक्-पृथक् शीत-उष्ण आदि द्वन्द्वोंका भोग प्राप्त होता है, वह कर्मजनित है। मनुष्य तत्त्वज्ञानके द्वारा उस द्वन्द्वभोगको त्याग देता है तथा ज्ञानके ही बलसे आत्मसिद्धि (मोक्ष) प्राप्त कर लेता है ॥

द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये शब्दब्रह्म परं च यत्।
शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति ॥ ३० ॥

ब्रह्मके दो स्वरूप जानने चाहिये—एक शब्द ब्रह्म और दूसरा परब्रह्म, जो शब्द [illegible] अर्थात् वेदका पूर्ण विद्वान् है, वह सुगमतासे परब्रह्मका [illegible] कर लेता है ॥ ३० ॥

आलम्भयज्ञाः क्षत्राश्च हविर्यज्ञा विशः स्मृताः।
परिचारयज्ञाः शूद्रास्तु तपोयज्ञा द्विजातयः ॥ ३१ ॥

ब्राह्मणोंके लिये तप ही यज्ञ है, क्षत्रियोंके लिये हिंसा-[illegible] युद्ध आदि ही यज्ञ हैं, वैश्योंके लिये घृत आदि हविष्यकी आहुति देना ही यज्ञ है और शूद्रोंके लिये तीनों वर्णोंकी सेवा ही यज्ञ है ॥ ३१ ॥

त्रेतायुगे विधिस्त्वेष यज्ञानां न कृते युगे।
द्वापरे विप्लवं यान्ति यज्ञाः कलियुगे तथा ॥ ३२ ॥

[illegible] यज्ञोंका विधान त्रेतायुगमें ही था, सत्ययुगमें नहीं। द्वापरसे [illegible] क्षीण होते हुए यज्ञ कलियुगमें [illegible] हो जाते हैं ॥ ३२ ॥

अपृथग्धर्मिणो मर्त्या ऋक्सामानि यजूंषि च।
[illegible] इष्टीः पृथग् दृष्ट्वा तपोभिस्तप एव च ॥ ३३ ॥

सत्ययुगमें अद्वैत धर्ममें निष्ठा रखनेवाले मनुष्य ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद तथा सकाम इष्टियोंको ज्ञानरूप तपस्या-[illegible] भिन्न देखकर उन सबको छोड़ केवल ज्ञानरूप तपस्यामें ही संलग्न होते हैं ॥ ३३ ॥

त्रेतायां तु समस्ता ये प्रादुरासन् महाबलाः।
संयन्तारः स्थावराणां जङ्गमानां च सर्वशः ॥ ३४ ॥

त्रेतायुगमें जो महाबली नरेश प्रकट हुए थे, वे सब-के-सब समस्त चराचर प्राणियोंके नियन्ता थे ॥ ३४ ॥

त्रेतायां संहता वेदा [illegible] वर्णाश्रमास्तथा।
संरोधादायुषस्त्वेते भ्रश्यन्ते द्वापरे युगे ॥ ३५ ॥

त्रेतायुगमें वेद, यज्ञ और वर्णाश्रम-धर्म सुव्यवस्थितरूपसे पालित होते थे; परंतु द्वापरयुगमें आयुकी न्यूनता होनेसे लोगोंमें उनके पालनका उत्साह कम हो गया—वे वेद [illegible] आदिसे च्युत होने लगे ॥ ३५ ॥

दृश्यन्ते न च दृश्यन्ते वेदाः कलियुगेऽखिलाः।
उत्सीदन्ते सयज्ञाश्च केवलाधर्मपीडिताः ॥ ३६ ॥

कलियुग आनेपर तो कहीं वेदोंका दर्शन होता है और कहीं नहीं होता है। [illegible] समय केवल अधर्मसे पीड़ित होकर यज्ञ और वेद [illegible] हो जाते हैं ॥ ३६ ॥

---

१. स्वाध्याय, गार्हस्थ्य, सन्ध्यावन्दनादि, कृच्छ्रचान्द्रायणादि, यज्ञ, पूर्तकर्म, योग, दान, गुरुशुश्रूषा और समाधि—ये दस क्रमयोग [illegible]।

कृते युगे यस्तु धर्मो ब्राह्मणेषु प्रदृश्यते।
आत्मवत्सु तपोवत्सु श्रुतवत्सु प्रतिष्ठितः॥ ३७॥

सत्ययुगमें जिस चारों चरणोंवाले धर्मकी चर्चा की गयी है, वह अन्य युगोंमें भी मनको वशमें रखनेवाले तपस्वी एवं वेद-वेदान्तोंके ज्ञाता ब्राह्मणोंमें प्रतिष्ठित देखा जाता है॥ ३७॥

स्वधर्मव्रतसंयोगं यथाधर्मं युगे युगे।
विक्रियन्ते स्वधर्मस्था वेदवादा यथागमम्॥ ३८॥

सत्ययुगमें मनुष्य स्वभावके अनुसार यज्ञ, व्रत और तीर्थाटन आदि करते हैं और त्रेता आदि युगमें वेदवादी एवं स्वधर्मनिष्ठ पुरुष शास्त्रके कथनानुसार धर्मके ह्राससे विकारको [illegible] होते हैं॥ ३८॥

यथा विश्वानि भूतानि वृष्ट्या भूयांसि प्रावृषि।
सृज्यन्ते जङ्गमस्थानि तथा धर्मा युगे युगे॥ ३९॥

जैसे वर्षाकालमें जलकी वर्षा होनेसे स्थावर और जङ्गम [illegible] पदार्थ वृद्धिको प्राप्त होते हैं और वर्षा बीतनेपर उनका [illegible] होने लगता है, उसी प्रकार प्रत्येक युगमें धर्म और अधर्मकी वृद्धि एवं ह्रास होते रहते हैं॥ ३९॥

यथर्तुष्वृतुलिङ्गानि नानारूपाणि पर्यये।
दृश्यन्ते तानि तान्येव तथा ब्रह्महरादिषु॥ ४०॥

जैसे वसन्त आदि ऋतुओंमें फूल और फल आदि नाना प्रकारके ऋतुचिह्न दृष्टिगोचर होते हैं और भिन्न ऋतुओंमें उन चिह्नोंका दर्शन नहीं होता, उसी प्रकार ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरमें भी सृष्टि, रक्षा और संहारकी शक्तियाँ कभी न्यून और कभी अधिक दिखायी देती हैं॥ ४०॥

विहितं कालनानात्वमनादिनिधनं तथा।
कीर्तितं तत्पुरस्तात् ते तत्सूते चात्ति च प्रजाः॥ ४१॥

स्वयं ब्रह्माजीने ही सत्ययुग, त्रेता आदिके रूपमें काल-भेदका विधान किया है। वह अनादि और अनन्त है। वह काल ही लोककी सृष्टि और संहार करता है। बेटा! यह बात मैं तुमसे पहले ही बता चुका हूँ॥ ४१॥

दधाति प्रभवे स्थानं भूतानां संयमो यमः।
स्वभावेनैव वर्तन्ते द्वन्द्वयुक्तानि भूरिशः॥ ४२॥

काल ही सम्पूर्ण प्राणियोंको संयम और नियममें रखनेवाला है। वही उनकी उत्पत्तिके लिये [illegible] धारण करता है। सारे प्राणी स्वभावसे ही द्वन्द्वोंसे युक्त होकर अत्यन्त कष्ट पाते हैं॥ ४२॥

सर्गकालक्रिया वेदाः कर्ता कार्यं क्रियाफलम्।
प्रोक्तं ते पुत्र सर्वं वै यन्मां त्वं परिपृच्छसि॥ ४३॥

बेटा! तुमने मुझसे जो कुछ पूछा था, उसके अनुसार मैंने तुम्हें सृष्टि, काल, क्रिया, वेद, कर्ता, कार्य तथा क्रिया-[illegible] आदि सब विषय बता दिये॥ ४३॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने द्वात्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २३२॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवजीका अनुप्रश्नविषयक दो सौ बत्तीसवाँ [illegible] पूरा हुआ॥ २३२॥

त्रयस्त्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

[illegible] एवं महाप्रलयका वर्णन

व्यास उवाच

प्रत्याहारं [illegible] वक्ष्यामि शर्वर्यादौ गतेऽहनि।
यथेदं कुरुतेऽध्यात्मं सुसूक्ष्मं विश्वमीश्वरः॥ १॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा! अब मैं यह बता रहा हूँ [illegible] ब्रह्माजीका दिन बीतनेपर उनकी रात्रि आरम्भ होनेके पहले [illegible] प्रकार इस सृष्टिका लय होता है तथा लोकेश्वर ब्रह्माजी स्थूल जगत्‌को अत्यन्त सूक्ष्म करके इसे कैसे अपने भीतर लीन कर लेते हैं?॥ १॥

दिवि सूर्यस्तथा [illegible] दहन्ति शिखिनोऽर्चिषः।
सर्वमेतत् तदार्चिर्भिः पूर्णं जाज्वल्यते जगत्॥ २॥

जब प्रलयका समय आता है, तब आकाशमें ऊपरसे सूर्य और नीचेसे अग्निकी [illegible] ज्वालाएँ संसारको भस्म करने लगती हैं। [illegible] समय यह सारा जगत् ज्वालाओंसे व्याप्त होकर जाज्वल्यमान दिखायी देने लगता है॥ २॥

पृथिव्यां यानि भूतानि जङ्गमानि ध्रुवाणि च।
तान्येवाग्रे प्रलीयन्ते भूमित्वमुपयान्ति च॥ ३॥

भूतलके जितने भी चराचर प्राणी हैं, वे सब पहले ही दग्ध होकर पृथ्वीमें एकाकार हो जाते हैं॥ ३॥

[illegible] प्रलीने सर्वस्मिन् स्थावरे जङ्गमे [illegible]।
निर्वृक्षा निस्तृणा भूमिर्दृश्यते कूर्मपृष्ठवत्॥ ४॥

तदनन्तर स्थावर-जङ्गम सम्पूर्ण प्राणियोंके लीन हो जानेपर तृण और वृक्षोंसे रहित हुई यह भूमि कछुएकी पीठ-सी दिखायी देने लगती है॥ ४॥

भूमेरपि गुणं गन्धमाप आददते यदा।
आत्तगन्धा तदा भूमिः प्रलयत्वाय कल्पते॥ ५॥

तत्पश्चात् जब जल पृथ्वीके गुण गन्धको ग्रहण कर लेता है, [illegible] गन्धहीन हुई पृथ्वी अपने कारणभूत जलमें लीन हो जाती है॥ ५॥

आपस्तत्र प्रतिष्ठन्ति ऊर्मिमत्यो महास्वनाः।
सर्वमेवेदमापूर्य तिष्ठन्ति च चरन्ति च॥ ६॥

फिर तो [illegible] गम्भीर शब्द करता हुआ चारों ओर उमड़ पड़ता है और उसमें उत्ताल तरङ्गें उठने लगती हैं। वह सम्पूर्ण विश्वको अपनेमें निमग्न करके लहराता रहता है॥ ६॥

अपामपि गुणं तात ज्योतिराददते यदा ।
आपस्तदा त्वात्तगुणा ज्योतिःषूपरमन्ति वै ॥ ७ ॥

वत्स ! तदनन्तर तेज जलके गुण रसको ग्रहण कर लेता है और रसहीन जल तेजमें लीन हो जाता है ॥ ७ ॥

यदाऽऽदित्यं स्थितं मध्ये गूहन्ति शिखिनोऽर्चिषः ।
सर्वमेवेदमर्चिर्भिः पूर्णं जाज्वल्यते नभः ॥ ८ ॥

आगकी लपटें सूर्यको अपने भीतर करके चारों ओरसे ढक लेती हैं, तब सम्पूर्ण आकाश ज्वालाओंसे होकर प्रज्वलित होता-सा जान पड़ता है ॥ ८ ॥

ज्योतिषोऽपि गुणं रूपं वायुराददते यदा ।
प्रशाम्यति ततो ज्योतिर्वायुर्दोधूयते महान् ॥ ९ ॥

फिर तेजके गुण रूपको वायुतत्त्व ग्रहण कर लेता है। इससे हो जाती है और वायुमें मिल जाती है। तब वायु अपने महान् वेगसे सम्पूर्ण आकाशको क्षुब्ध कर डालती है ॥ ९ ॥

ततस्तु वायुः सम्भवमात्मनः ।
अधश्चोर्ध्वं च तिर्यक् च दोधवीति दिशो दश ॥ १० ॥

वह बड़े जोरसे हरहराती और अपने वेगसे उत्पन्न आवाजको फैलाती हुई ऊपर-नीचे तथा इधर-उधर दसों दिशाओंमें चलने लगती है ॥ १० ॥

वायोरपि गुणं स्पर्शमाकाशं ग्रसते यदा ।
प्रशाम्यति तदा वायुः खं तु तिष्ठति नादवत् ॥ ११ ॥

इसके बाद आकाश वायुके गुण स्पर्शको भी ग्रस लेता है। तब वायु शान्त हो जाती और आकाशमें मिल जाती है; फिर तो आकाश महान् शब्दसे युक्त हो अकेला ही रह जाता है ॥ ११ ॥

अरूपमरसस्पर्शमगन्धं च मूर्तिमत् ।
सर्वलोकप्रणदितं खं तिष्ठति नादवत् ॥ १२ ॥

उसमें रूप, रस, गन्ध और स्पर्शका नाम भी नहीं रह जाता । किसी भी मूर्त पदार्थकी सत्ता नहीं रहती । जिसका शब्द सभी लोकोंमें निनादित होता था, वह आकाश ही केवल गुणसे युक्त होकर शेष रहता है ॥ १२ ॥

गुणं शब्दमभिव्यक्तात्मकं ।
मनसो व्यक्तमव्यक्तं सम्प्रतिसंचरः ॥ १३ ॥

तत्पश्चात् प्रपञ्चको व्यक्त करनेवाला आकाशके गुण शब्दको, जो मनसे ही प्रकट हुआ था, अपनेमें लीन कर लेता है। मन और (महत्तत्त्व) का ब्रह्माके मनमें लय होना प्रलय कहलाता है ॥ १३ ॥

तदात्मगुणमाविश्य मनो ग्रसति चन्द्रमाः ।
मनस्युपरते चापि चन्द्रमस्युपतिष्ठते ॥ १४ ॥

महाप्रलयके चन्द्रमा व्यक्त मनको आत्मगुणमें प्रविष्ट करके स्वयं उसको ग्रस लेते हैं। तब मन उपरत (शान्त) हो जाता है; फिर वह चन्द्रमामें उपस्थित रहता है ॥ १४ ॥

तं कालेन महता संकल्पः कुरुते वशे ।
चित्तं ग्रसति संकल्पं ज्ञानमनुत्तमम् ॥ १५ ॥

तत्पश्चात् (अव्यक्त मन) दीर्घकालमें उस व्यक्त-मनसहित चन्द्रमाको अपने वशीभूत कर लेता है और समष्टि बुद्धि संकल्पको ग्रस लेती है। उसी बुद्धिको परम उत्तम ज्ञान माना गया है ॥ १५ ॥

कालो गिरति विज्ञानं कालं बलमिति श्रुतिः ।
बलं कालो ग्रसति तं विद्वान् कुरुते वशे ॥ १६ ॥

सुननेमें आया है कि काल ज्ञान (समष्टि बुद्धि) को ग्रस लेता है, शक्ति उस कालको अपने अधीन कर लेती है; फिर महाकाल शक्तिको और परब्रह्म महाकालको अपने अधीन कर लेता है ॥ १६ ॥

आकाशस्य यथा घोषं तं विद्वान् कुरुतेऽऽत्मनि ।
तदव्यक्तं परं तच्छाश्वतमनुत्तमम् ।
एवं सर्वाणि भूतानि ब्रह्मैव प्रतिसंचरः ॥ १७ ॥

जिस प्रकार अपने गुण शब्दको आत्मसात् कर लेता है, उसी प्रकार ब्रह्म महाकालको अपनेमें विलीन कर लेता है। वह परब्रह्म परमात्मा अव्यक्त, सनातन और सर्वोत्तम है। इस प्रकार सम्पूर्ण प्राणियोंका लय होता है और सबके लयका अधिष्ठान परब्रह्म परमात्मा ही है ॥ १७ ॥

यथावत् कीर्तितं सम्यगेवमेतदसंशयम् ।
बोध्यं विद्यामयं दृष्ट्वा योगिभिः परमात्मभिः ॥ १८ ॥

इस प्रकार परमात्मस्वरूप योगियोंने इस ज्ञानमय बोध्य-तत्त्वका साक्षात्कार करके इसका यथार्थरूपसे वर्णन किया है, यह निःसंदेह ऐसा ही है ॥ १८ ॥

एवं विस्तारसंक्षेपौ ब्रह्माव्यक्ते पुनः पुनः ।
युगसाहस्रयोरादावहोरात्रस्तथैव च ॥ १९ ॥

इस प्रकार बारंबार अव्यक्त परब्रह्ममें सृष्टिका विस्तार और लय होता है। ब्रह्माजीका दिन एक हजार चतुर्युगका होता है और उनकी भी उतनी ही बड़ी होती है; यह बात पहले ही बता दी गयी है ॥ १९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने त्रयस्त्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २३३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकका अनुप्रश्नविषयक दो सौ तैंतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २३३ ॥

चतुस्त्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

ब्राह्मणोंका कर्तव्य और उन्हें दान देनेकी महिमाका वर्णन

व्यास उवाच

भूतग्रामे नियुक्तं यत् तदेतत् कीर्तितं मया ।
ब्राह्मणस्य तु यत् कृत्यं तत् ते वक्ष्यामि तच्छृणु ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा ! तुमने भूतसमुदायके

विषयमें जो प्रश्न किया था, उसीके उत्तरमें मैंने यह बताया है। अब मैं तुम्हें ब्राह्मणका जो कर्तव्य है, वह रहा हूँ, सुनो ॥ १ ॥

जातकर्मप्रभृत्यस्य कर्मणां दक्षिणावताम्।
क्रिया स्यादासमावृत्तेराचार्ये वेदपारगे ॥ २ ॥

ब्राह्मण-बालकके जातकर्मसे लेकर समावर्तनतक समस्त संस्कार वेदोंके पारङ्गत विद्वान् आचार्यके निकट रहकर सम्पन्न होने चाहिये और उनमें समुचित दक्षिणा देनी चाहिये॥

अधीत्य वेदानखिलान् गुरुशुश्रूषणे रतः।
गुरूणामनृणो भूत्वा समावर्तेत यज्ञवित् ॥ ३ ॥

उपनयनके पश्चात् ब्राह्मण-बालक गुरुशुश्रूषामें तत्पर हो सम्पूर्ण वेदोंका अध्ययन करे। तत्पश्चात् पर्याप्त गुरु-दक्षिणा दे। गुरु-ऋणसे उऋण हो वह यज्ञवेत्ता बालक समावर्तन-संस्कारके पश्चात् घर लौटे ॥ ३ ॥

आचार्येणाभ्यनुज्ञातश्चतुर्णामेकमाश्रमम्।
आविमोक्षाच्छरीरस्य सोऽवतिष्ठेद् यथाविधि॥ ४ ॥

तदनन्तर आचार्यकी आज्ञा लेकर चारों आश्रमोंमेंसे किसी एक आश्रममें शास्त्रोक्त विधिके अनुसार जीवनपर्यन्त रहे (अथवा क्रमशः सभी आश्रमोंमें प्रवेश करे) ॥ ४ ॥

प्रजासर्गेण दारैश्च ब्रह्मचर्येण वा पुनः।
वने गुरुसकाशे वा यतिधर्मेण पुनः ॥ ५ ॥

उसकी इच्छा हो तो स्त्री-परिग्रह करके गृहस्थ-धर्मका पालन करते हुए संतान उत्पन्न करे अथवा आजीवन ब्रह्मचर्य-व्रतका पालन करे या वनमें रहकर वानप्रस्थ-धर्मका आचरण करे अथवा गुरुके समीप रहे या संन्यास-धर्मके अनुसार जीवन व्यतीत करे ॥ ५ ॥

गृहस्थस्त्वेव धर्माणां सर्वेषां मूलमुच्यते।
यत्र पक्वकषायो हि दान्तः सर्वत्र सिध्यति ॥ ६ ॥

यह गृहस्थ-आश्रम धर्मोंका मूल कहा जाता है। इसमें रहकर अन्तःकरणके रागादि दोष पक जानेपर जितेन्द्रिय पुरुषको सर्वत्र सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ६ ॥

प्रजावाञ्श्रोत्रियो यज्वा मुक्त एव ऋणैस्त्रिभिः।
अथान्यानाश्रमान् पश्चात् पूतो गच्छेत कर्मभिः॥ ७ ॥

गृहस्थ पुरुष संतान करके पितृ-ऋणसे, वेदोंका स्वाध्याय करके ऋषि-ऋणसे और यज्ञोंका अनुष्ठान करके देव-ऋणसे छुटकारा पाता है। इस प्रकार तीनों ऋणोंसे मुक्त हो विहित कर्मोंका सम्पादन करके पवित्र बने। तत्पश्चात् दूसरे आश्रमोंमें प्रवेश करे ॥ ७ ॥

यत् पृथिव्यां पुण्यतमं विद्यात् स्थानं तदावसेत्।
यतेत तस्मिन् प्रामाण्यं गन्तुं यशसि चोत्तमे ॥ ८ ॥

इस पृथ्वीपर जो स्थान पवित्र एवं उत्तम जान पड़े, वहीं निवास करे। उसी स्थानमें रहकर उत्तम यशके विषयमें अपनेको आदर्श पुरुष बनानेका प्रयत्न करे ॥ ८ ॥

तपसा वा सुमहता विद्यानां पारणेन वा।
इज्यया प्रदानैर्वा विप्राणां वर्धते यशः ॥ ९ ॥
यावदस्य भवत्यस्मिन् कीर्तिर्लोके यशस्करी।
तावत् पुण्यकृतां लोकाननन्तान् पुरुषोऽश्नुते ॥ १० ॥

महान् तप, पूर्ण विद्याध्ययन, यज्ञ अथवा दान करनेसे ब्राह्मणोंका यश बढ़ता है। जबतक इस जगत्में यशको बढ़ाने वाली उसकी कीर्ति बनी रहती है, तबतक वह पुण्यवानोंके अक्षय लोकोंमें निवास करके दिव्य सुख भोगता रहता है॥

अध्यापयेदधीयीत याजयेत यजेत वा।
न वृथा प्रतिगृह्णीयान्न च दद्यात् कथंचन ॥ ११ ॥

ब्राह्मणको अध्ययन-अध्यापन, यजन-याजन दान और प्रतिग्रह—इन छः कर्मोंका आश्रय लेना चाहिये; परंतु उसे किसी तरह न तो अनुचित प्रतिग्रह स्वीकार करना चाहिये, न व्यर्थ दान ही देना चाहिये ॥ ११ ॥

याज्यतः शिष्यतो वापि कन्याया वा धनं महत्।
यदाऽऽगच्छेद् यजेद् दद्यान्नैकोऽश्नीयात् कथंचन ॥

यजमानसे, शिष्यसे अथवा कन्या-शुल्कसे जब महान् धन प्राप्त हो, तब उसके द्वारा यज्ञ करे, दान दे, अकेला किसी तरह उस धनका उपभोग न करे ॥ १२ ॥

गृहमावसतो नान्यत् तीर्थं प्रतिग्रहात्।
देवर्षिपितृगुर्वर्थं वृद्धातुरबुभुक्षताम् ॥ १३ ॥

देवता, ऋषि, पितर, गुरु, वृद्ध, रोगी और भूखे मनुष्योंको भोजन देनेके लिये गृहस्थ ब्राह्मणको प्रतिग्रह स्वीकार करना चाहिये। प्रतिग्रहके सिवा ब्राह्मणके लिये धन-संग्रहका दूसरा कोई पवित्र मार्ग नहीं है ॥ १३ ॥

अन्तर्हिताभितप्तानां यथाशक्ति बुभूषताम्।
द्रव्याणामतिशक्त्यापि देयमेषां कृतादपि ॥ १४ ॥
अर्हतामनुरूपाणां नादेयं ह्यस्ति किंचन।
उच्चैःश्रवसमप्यश्वं प्रापणीयं सतां विदुः ॥ १५ ॥

जो दारिद्र्यग्रस्त होनेके कारण लज्जासे छिपे-छिपे फिरते हैं तथा अत्यन्त सतप्त हैं, अथवा जो यथाशक्ति अपनी पारमार्थिक उन्नतिके लिये प्रयत्न करना चाहते हैं, ऐसे भूदेवों-को उपार्जित धनमेंसे यथाशक्ति देना चाहिये। योग्य एवं पूजनीय ब्राह्मणोंके लिये कोई भी वस्तु अदेय नहीं है। वेदे सत्पात्रोंके लिये तो उच्चैःश्रवा घोड़ा भी दिया जा सकता है। यह श्रेष्ठ पुरुषोंका है ॥ १४-१५ ॥

अनुनीय यथाकामं सत्यसंधो महाव्रतः।
स्वैः प्राणैर्ब्राह्मणप्राणान् परित्राय दिवं गतः ॥ १६ ॥

महान् व्रतधारी राजा सत्यसघने इच्छानुसार अनुनय विनय करके अपने प्राणोंद्वारा एक ब्राह्मणके प्राणोंकी रक्षा की थी, ऐसा करके वे स्वर्गलोकमें गये थे ॥ १६ ॥

रन्तिदेवश्च सांकृत्यो वसिष्ठाय महात्मने।
अपः प्रदाय शीतोष्णा नाकपृष्ठे महीयते ॥ १७ ॥

संकृतिके पुत्र राजा रन्तिदेवने महात्मा वसिष्ठको शीतोष्ण जल प्रदान किया था, जिससे वे स्वर्गलोकमें प्रतिष्ठित हैं ॥

आत्रेयश्चेन्द्रदमनो ह्यर्हते विविधं धनम् ।
दत्त्वा लोकान् ययौ धीमाननन्तान् स महीपतिः ॥१८॥

अत्रिवंशज बुद्धिमान् राजा इन्द्रदमनने एक योग्य ब्राह्मणको नाना प्रकारके धनका दान करके अक्षय लोक प्राप्त किये थे ॥

शिबिरौशीनरोऽङ्गानि सुतं च प्रियमौरसम् ।
ब्राह्मणार्थमुपाहृत्य नाकपृष्ठमितो [illegible] ॥ १९ ॥

उशीनरके पुत्र राजा शिबिने किसी ब्राह्मणके लिये अपने शरीर और प्रिय औरस पुत्रका दान कर दिया था, जिससे वे यहाँसे स्वर्गलोकमें गये थे ॥ १९ ॥

प्रतर्दनः काशिपतिः प्रदाय नयने स्वके ।
ब्राह्मणायातुलां कीर्तिमिह चामुत्र चाश्नुते ॥ २० ॥

काशिराज प्रतर्दनने किसी ब्राह्मणको अपने दोनों नेत्र प्रदान करके इस लोकमें अनुपम कीर्ति प्राप्त की और परलोकमें वे उत्तम सुख भोगते हैं ॥ २० ॥

दिव्यमष्टशलाकं तु सौवर्णं परमर्द्धिमत् ।
छत्रं देवावृधो दत्त्वा सराष्ट्रोऽभ्यपतद् दिवम् ॥ २१ ॥

राजा देवावृधने आठ शलाकाओं (ताड़ियों) से युक्त सोनेका बना हुआ बहुमूल्य छत्र दान करके अपने देशकी प्रजाके [illegible] स्वर्गलोक प्राप्त किया ॥ २१ ॥

सांकृतिश्च तथाऽऽत्रेयः शिष्येभ्यो [illegible] निर्गुणम् ।
उपदिश्य महातेजा गतो लोकाननुत्तमान् ॥ २२ ॥

अत्रिवंशमें उत्पन्न महातेजस्वी सांकृति अपने शिष्योंको निर्गुण ब्रह्मका उपदेश देकर उत्तम लोकोंको प्राप्त हुए ॥

अम्बरीषो गवां दत्त्वा ब्राह्मणेभ्यः प्रतापवान् ।
अर्बुदानि दशैकं च सराष्ट्रोऽभ्यपतद् दिवम् ॥ २३ ॥

प्रतापी राजा अम्बरीषने ब्राह्मणोंको ग्यारह अर्बुद (एक अरब दस करोड़) गौएँ दानमें देकर देशवासियों-सहित स्वर्गलोक प्राप्त किया ॥ २३ ॥

सावित्री कुण्डले दिव्ये शरीरं जनमेजयः ।
ब्राह्मणार्थे परित्यज्य जग्मतुर्लोकमुत्तमम् ॥ २४ ॥

सावित्रीने दो दिव्य कुण्डल दान किये थे और राजा जनमेजयने ब्राह्मणके लिये अपने शरीरका परित्याग किया था । इससे वे दोनों उत्तम लोकमें गये ॥ २४ ॥

सर्वरत्नं वृषादर्भिर्युवनाश्वः प्रियाः स्त्रियः ।
रम्यमावसथं चैव दत्त्वा स्वर्लोकमास्थितः ॥ २५ ॥

वृषदर्भके पुत्र युवनाश्व सब प्रकारके रत्न, अभीष्ट स्त्रियाँ तथा सुरम्य गृह दान करके स्वर्गलोकमें निवास करते हैं ॥

निमी राष्ट्रं च वैदेहो जामदग्न्यो वसुन्धराम् ।
ब्राह्मणेभ्यो ददौ चापि गयश्चोर्वीं सपत्तनाम् ॥ २६ ॥

विदेहराज निमिने अपना राज्य और जमदग्निनन्दन परशुराम तथा राजा गयने नगरोंसहित सम्पूर्ण पृथ्वी ब्राह्मणको दानमें दे दी थी ॥ २६ ॥

अवर्षति च पर्जन्ये सर्वभूतानि भूतकृत् ।
वसिष्ठो जीवयामास प्रजापतिरिव प्रजाः ॥ २७ ॥

एक बार पानी न बरसनेपर महर्षि वसिष्ठने प्राणियोंकी सृष्टि करनेवाले दूसरे प्रजापतिके समान सम्पूर्ण प्रजाको जीवन-दान दिया था ॥ २७ ॥

करन्धमस्य [illegible] कृतात्मा मरुतस्तथा ।
कन्यामङ्गिरसे दत्त्वा दिवमाशु जगाम ह ॥ २८ ॥

करन्धमके पुण्यात्मा पुत्र राजा मरुत्तने महर्षि अङ्गिराको कन्यादान करके [illegible] स्वर्गलोक प्राप्त कर लिया था ॥

ब्रह्मदत्तश्च पाञ्चाल्यो राजा बुद्धिमतां वरः ।
निधिं शङ्खं द्विजाग्र्येभ्यो दत्त्वा लोकानवाप्तवान् ॥ २९ ॥

बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ पाञ्चाल राज ब्रह्मदत्तने उत्तम ब्राह्मणोंको शङ्खनिधि देकर पुण्यलोक प्राप्त किये थे ॥ २९ ॥

राजा मित्रसहश्चापि वसिष्ठाय महात्मने ।
मदयन्ती प्रियां दत्त्वा तया सह दिवं गतः ॥ ३० ॥

राजा मित्रसहने महात्मा वसिष्ठको अपनी प्यारी रानी मदयन्ती देकर उसके साथ ही स्वर्गलोकमें पदार्पण किया था ॥

सहस्रजिच्च राजर्षिः प्राणानिष्टान् महायशाः ।
ब्राह्मणार्थे परित्यज्य गतो लोकाननुत्तमान् ॥ ३१ ॥

महायशस्वी राजर्षि सहस्रजित् ब्राह्मणके लिये अपने प्यारे प्राणोंका परित्याग करके परम उत्तम लोकोंमें गये ॥

सर्वकामैश्च सम्पूर्णं दत्त्वा वेश्म हिरण्मयम् ।
मुद्गलाय गतः स्वर्गं शतद्युम्नो महीपतिः ॥ ३२ ॥

महाराज शतद्युम्न मुद्गल ब्राह्मणको समस्त भोगोंसे सम्पन्न सुवर्णमय भवन देकर स्वर्गलोकमें गये थे ॥ ३२ ॥

[illegible] च द्युतिमान् नाम शाल्वराजः प्रतापवान् ।
दत्त्वा राज्यमृचीकाय गतो लोकाननुत्तमान् ॥ ३३ ॥

प्रतापी शाल्वराज द्युतिमान्ने ऋचीकको राज्य देकर परम उत्तम लोक प्राप्त किये थे ॥ ३३ ॥

लोमपादश्च राजर्षिः शान्तां दत्त्वा सुतां प्रभुः ।
ऋष्यशृङ्गाय विपुलैः सर्वकामैरयुज्यत ॥ ३४ ॥

शक्तिशाली राजर्षि लोमपाद अपनी पुत्री शान्ताका ऋष्यशृङ्गमुनिको दान करके सब प्रकारके प्रचुर भोगोंसे सम्पन्न हो गये ॥ ३४ ॥

मदिराश्वश्च राजर्षिर्दत्त्वा कन्यां सुमध्यमाम् ।
हिरण्यहस्ताय गतो लोकान् देवैरभिष्टुतान् ॥ ३५ ॥

राजर्षि मदिराश्व हिरण्यहस्तको अपनी सुन्दरी कन्या देकर देववन्दित लोकोंमें गये थे ॥ ३५ ॥

दत्त्वा शतसहस्रं [illegible] गवां राजा प्रसेनजित् ।
सवत्सानां महातेजा गतो लोकाननुत्तमान् ॥ ३६ ॥

महातेजस्वी राजा प्रसेनजित्ने एक लाख सवत्सा गौओं-[illegible] दान करके उत्तम लोक प्राप्त किये थे ॥ ३६ ॥

एते चान्ये च बहवो दानेन तपसैव च ।
महात्मानो गताः स्वर्गं शिष्टात्मानो जितेन्द्रियाः ॥ ३७ ॥

[illegible] तथा और भी बहुतसे शिष्ट स्वभाववाले जितेन्द्रिय

महात्मा दान और तपस्यासे स्वर्गलोकमें चले गये ॥ ३७ ॥

तेषां प्रतिष्ठिता कीर्तिर्यावत् स्थास्यति मेदिनी ।
दानयज्ञप्रजासर्गैरेते हि दिवमाप्नुवन् ॥ ३८ ॥

जबतक यह पृथ्वी रहेगी, तबतक उनकी कीर्ति संसारमें स्थिर रहेगी। उन सबने दान, यज्ञ और प्रजा-सृष्टिके द्वारा स्वर्गलोक प्राप्त किया था ॥ ३८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने चतुस्त्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २३४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकानुप्रश्नविषयक दो सौ चौंतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २३४ ॥

पञ्चत्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

ब्राह्मणके कर्तव्यका प्रतिपादन करते हुए कालरूप नदको पार करनेका उपाय बतलाना

व्यास उवाच

त्रयीं विद्यामवेक्षेत वेदेषूक्तामथाङ्गतः ।
ऋक्सामवर्णाक्षरतो यजुषोऽथर्वणस्तथा ॥ १ ॥
तिष्ठत्येतेषु भगवान् षट्सु कर्मसु संस्थितः ।

व्यासजी कहते हैं—बेटा ! ब्राह्मणको चाहिये कि वेदोंमें बतायी गयी त्रयी विद्या—'अ उ म्' इन तीन अक्षरोंसे सम्बन्ध रखनेवाली प्रणवविद्याका चिन्तन एवं विचार करे। वेदके छहों अङ्गोंसहित ऋक्, साम, यजुष् एवं अथर्वके मन्त्रोंका स्वर-व्यञ्जनके सहित अध्ययन करे; क्योंकि यजन-याजन, अध्ययन-अध्यापन, दान और प्रतिग्रह—इन छः कर्मोंमें विराजमान भगवान् धर्म ही इन वेदोंमें प्रतिष्ठित हैं ॥

वेदवादेषु कुशला ह्यध्यात्मकुशलाश्च ये ॥ २ ॥
सत्त्ववन्तो महाभागाः पश्यन्ति प्रभवाप्ययौ ।
एवं धर्मेण वर्तेत क्रियां शिष्टवदाचरेत् ॥ ३ ॥

जो लोग वेदोंके प्रवचनमें निपुण, अध्यात्मज्ञानमें कुशल, सत्त्वगुणसम्पन्न और महान् भाग्यशाली हैं, वे जगत्‌की सृष्टि और प्रलयको ठीक-ठीक जानते हैं; अतः ब्राह्मणको इस प्रकार धर्मानुकूल बर्ताव करते हुए शिष्ट पुरुषोंकी भाँति सदाचारका पालन करना चाहिये ॥ २-३ ॥

असंरोधेन भूतानां वृत्तिं लिप्सेत वै द्विजः ।
सद्भ्य आगतविज्ञानः शिष्टः शास्त्रविचक्षणः ॥ ४ ॥

ब्राह्मण किसी भी जीवको कष्ट न देकर—उसकी जीविकाका हनन न करके अपनी जीविका चलानेकी इच्छा करे। संतोंकी सेवामें रहकर तत्त्वज्ञान प्राप्त करे, सत्पुरुष बने और शास्त्रकी व्याख्या करनेमें कुशल हो ॥ ४ ॥

स्वधर्मेण क्रिया लोके कुर्वाणः सत्यसंगरः ।
तिष्ठते तेषु गृहवान् षट्सु कर्मसु स द्विजः ॥ ५ ॥

जगत्‌में अपने धर्मके अनुकूल कर्म करे, सत्यप्रतिज्ञ बने। गृहस्थ ब्राह्मणको पूर्वोक्त छः कर्मोंमें ही स्थित रहना चाहिये ॥

पञ्चभिः सततं यज्ञैः श्रद्दधानो यजेत च ।
धृतिमानप्रमत्तश्च दान्तो धर्मविदात्मवान् ॥ ६ ॥

सदा श्रद्धापूर्वक पञ्च-महायज्ञोंद्वारा परमात्माका पूजन करे, सर्वदा धैर्य धारण करे। प्रमाद (अकर्तव्य कर्मोंको करने और कर्तव्य कर्मकी अवहेलना करने) से बचे, इन्द्रियोंको संयममें रक्खे, धर्मका ज्ञाता बने और मनको भी अपने अधीन रक्खे ॥ ६ ॥

वीतहर्षमदक्रोधो ब्राह्मणो नावसीदति ।
दानमध्ययनं यज्ञस्तपो ह्रीरार्जवं दमः ॥ ७ ॥
एतैर्वर्धयते तेजः पाप्मानं चापकर्षति ।

जो [illegible] हर्ष, मद और क्रोधसे रहित है, उसे कभी दुःख नहीं उठाना पड़ता है। दान, वेदाध्ययन, यज्ञ, तप, लज्जा, सरलता और इन्द्रियसंयम—इन सद्गुणोंसे ब्राह्मण अपने तेजकी वृद्धि और पापका नाश करता है ॥ ७½ ॥

धूतपाप्मा च मेधावी लघ्वाहारो जितेन्द्रियः ॥ ८ ॥
कामक्रोधौ वशे कृत्वा निनीषेद् ब्रह्मणः पदम् ।

इस प्रकार पाप धुल जानेपर बुद्धिमान् ब्राह्मण स्वल्पाहार करते हुए इन्द्रियोंको जीते और काम तथा क्रोधको अधीन करके ब्रह्मपदको प्राप्त करनेकी इच्छा करे ॥ ८½ ॥

अग्नींश्च ब्राह्मणांश्चार्चेद् देवताः प्रणमेत च ॥ ९ ॥
वर्जयेदुशतीं वाचं हिंसां चाधर्मसंहिताम् ।
[illegible] पूर्वगता वृत्तिर्ब्राह्मणस्य विधीयते ॥ १० ॥

अग्नि, ब्राह्मण और देवताओंको प्रणाम एवं उनका पूजन करे। कड़वी बात मुँहसे न निकाले और हिंसा [illegible] करे; क्योंकि वह अधर्मसे युक्त है। यह ब्राह्मणके लिये परम्परागत वृत्ति (कर्तव्य) का विधान किया गया है ॥ ९-१० ॥

ज्ञात्वागमेन कर्माणि कुर्वन् कर्मसु सिध्यति ।
पञ्चेन्द्रियजलां घोरां लोभकूलां सुदुस्तराम् ॥ ११ ॥
मन्युपङ्कामनाधृष्यां नदीं तरति बुद्धिमान् ।
कालमभ्युद्यतं पश्येन्नित्यमत्यन्तमोहनम् ॥ १२ ॥

कर्मोंके तत्त्वको जानकर उनका अनुष्ठान करनेसे अवश्य सिद्धि प्राप्त होती है। संसारका जीवन एक भयंकर नदीके समान है। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इस नदीका जल हैं। लोभ किनारा है। क्रोध इसके भीतर कीचड़ है। इसे पार करना अत्यन्त कठिन है और इसके वेगको दबाना अत्यन्त असम्भव है, तथापि बुद्धिमान् पुरुष इसे पार कर [illegible] है। प्राणियोंको अत्यन्त मोहमें डालनेवाला काल सदा आक्रमण करनेके लिये उद्यत है, इस बातकी ओर सदा ही दृष्टि रक्खे ॥ ११-१२ ॥

महता विधिदृष्टेन बलेनाप्रतिघातिना ।
स्वभावस्रोतसा वृत्तमुह्यते सततं जगत् ॥ १३ ॥

जो महान् है, जो विधाताकी ही दृष्टिमें आ सकता है तथा जिसका बल कहीं प्रतिहत नहीं होता, उस स्वभावरूप

धारा-प्रवाहमें यह सारा जगत् निरन्तर बहता जा रहा है ॥

कालोदकेन महता वर्षावर्तेन संततम् ।
मासोर्मिणर्तुवेगेन पक्षोलपतृणेन च ॥ १४ ॥
निमेषोन्मेषफेनेन अहोरात्रजलेन च ।
कामग्राहेण घोरेण वेदयज्ञप्लवेन च ॥ १५ ॥
धर्मद्वीपेन भूतानां चार्थकामजलेन च ।
ऋतवाङ्मोक्षतीरेण विहिंसातरुवाहिना ॥ १६ ॥
युगह्रदौघमध्येन ब्रह्मप्रायभवेन च ।
धात्रा सृष्टानि भूतानि कृष्यन्ते यमसादनम् ॥ १७ ॥

कालरूपी महान् नद बह रहा है । इसमें वर्षरूपी भँवरें ▇▇ उठ रही हैं । महीने इसकी उत्ताल तरंगें हैं । ऋतु वेग हैं । ▇▇ ▇▇ और तृण हैं । निमेष और उन्मेष फेन हैं । दिन और ▇▇ जल-प्रवाह हैं । कामदेव भयंकर ग्राह है । वेद और ▇▇ नौका हैं । धर्म प्राणियोंका आश्रयभूत द्वीप है । अर्थ और ▇▇ जल हैं । सत्यभाषण और मोक्ष दोनों किनारे हैं । हिंसारूपी वृक्ष ▇▇ कालरूपी प्रवाहमें बह रहे हैं । युग ह्रद हैं ▇▇ ▇▇ ही उस कालनदको उत्पन्न करनेवाला पर्वत है । उसी प्रवाहमें पड़कर विधाताके रचे हुए समस्त प्राणी यमलोककी ओर खिंचे चले जा रहे हैं ॥ १४—१७ ॥

एतत् प्रज्ञामयैर्धीरा निस्तरन्ति मनीषिणः ।
प्लवैरप्लववन्तो हि किं करिष्यन्त्यचेतसः ॥ १८ ॥

बुद्धिमान् और धीर मनुष्य प्रज्ञारूप नौकाओंद्वारा ▇▇ कालनदके पार हो जाते हैं । जो वैसी नौकाओंसे रहित हैं, वे अविवेकी मनुष्य क्या करेंगे ? ॥ १८ ॥

उपपन्नं हि यत् प्राज्ञो निस्तरेन्नेतरो जनः ।
दूरतो गुणदोषौ हि प्राज्ञः सर्वत्र पश्यति ॥ १९ ॥

विद्वान् पुरुष जो कालनदसे पार हो जाता है और अज्ञानी मनुष्य नहीं पार होता है, यह युक्तिसङ्गत ही है; क्योंकि ज्ञानवान् पुरुष सर्वत्र गुण और दोषोंको दूरसे ही देख लेता है ॥ १९ ॥

संशयं ▇ तु कामात्मा चलचित्तोऽल्पचेतनः ।
अप्राज्ञो न तरत्येनं यो ह्यास्ते न स गच्छति ॥ २० ॥

कामनाओंमें आसक्त, चञ्चलचित्त, मन्दबुद्धि एवं अज्ञानी पुरुष संदेहमें पड़ जानेके कारण कालनदको पार नहीं कर पाता तथा जो निश्चेष्ट होकर बैठ ▇▇ है, वह भी उसके पार नहीं जा सकता ॥ २० ॥

अप्लवो हि महादोषं मुह्यमानो नियच्छति ।
कामग्राहगृहीतस्य ज्ञानमप्यस्य न प्लवः ॥ २१ ॥

जिसके पास ज्ञानमयी नौका नहीं है, वह मोहितचित्त मूढ मानव महान् दोषको प्राप्त होता ▇ । कामरूपी ग्राहसे पीड़ित होनेके कारण ज्ञान भी उसके लिये नौका नहीं बन पाता ॥ २१ ॥

तस्मादुन्मज्जनस्यार्थे प्रयतेत विचक्षणः ।
एतदुन्मज्जनं तस्य यदयं ब्राह्मणो भवेत् ॥ २२ ॥

इसलिये बुद्धिमान् पुरुषको कालनद या भवसागरसे पार होनेका अवश्य ▇▇ करना चाहिये । उसका पार होना यही है कि वह वास्तवमें ▇▇ बन जाय अर्थात् ब्रह्मज्ञान ▇▇ करे ॥ २२ ॥

अवदातेषु संजातस्त्रिसंदेहस्त्रिकर्मकृत् ।
तस्मादुन्मज्जने तिष्ठेत् प्रज्ञया निस्तरेद् यथा ॥ २३ ॥

उत्तम कुलमें उत्पन्न हुआ ▇▇ अध्यापन, याजन और प्रतिग्रह—इन तीन कर्मोंको संदेहकी दृष्टिसे देखे (कि कहीं इनमें आसक्त न हो जाऊँ) और अध्ययन, यजन तथा दान—इन तीन कर्मोंका ▇▇ पालन करे । वह जैसे भी हो प्रज्ञाद्वारा अपने उद्धारका प्रयत्न करे, उस कालनदसे पार हो जाय ॥ २३ ॥

संस्कृतस्य हि दान्तस्य नियतस्य यतात्मनः ।
▇▇▇▇ सिद्धिरिहलोके परत्र च ॥ २४ ॥

जिसके वैदिक संस्कार विधिवत् सम्पन्न हुए हैं, जो नियमपूर्वक रहकर मन और इन्द्रियोंपर विजय पा चुका है, ▇▇ विज्ञ पुरुषको इहलोक और परलोकमें कहीं भी सिद्धि ▇▇ होते देर नहीं लगती ॥ २४ ॥

वर्तेत तेषु गृहवानक्रुध्यन्ननसूयकः ।
पञ्चभिः सततं यज्ञैर्विघसाशी यजेत च ॥ २५ ॥

गृहस्थ ▇▇ क्रोध और दोष-दृष्टिका त्याग करके पूर्वोक्त नियमोंके पालनमें संलग्न रहे । नित्य पञ्चमहायज्ञोंका अनुष्ठान करे और यज्ञशिष्ट अन्नका ही भोजन करे ॥ २५ ॥

सतां धर्मेण वर्तेत क्रियां शिष्टवदाचरेत् ।
असंरोधेन लोकस्य वृत्तिं लिप्सेदगर्हिताम् ॥ २६ ॥

श्रेष्ठ पुरुषोंके धर्मके अनुसार चले और शिष्टाचारका पालन करे तथा ऐसी आजीविका ▇▇ करनेकी इच्छा करे, जिससे दूसरे लोगोंकी जीविकाका हनन न हो और जिसकी लोकमें निन्दा न होती हो ॥ २६ ॥

श्रुतिविज्ञानतत्त्वज्ञः शिष्टाचारो विचक्षणः ।
स्वधर्मेण क्रियावांश्च कर्मणा सोऽप्यसंकरः ॥ २७ ॥

ब्राह्मणको वेदका विद्वान्, तत्त्वज्ञानी, सदाचारी और चतुर होना चाहिये । वह अपने धर्मके अनुसार कार्य करे, परंतु कर्मद्वारा संकरता न फैलावे अर्थात् स्वधर्म और परधर्मका सम्मिश्रण न करे ॥ २७ ॥

क्रियावाञ्श्रद्दधानो हि दान्तः प्राज्ञोऽनसूयकः ।
धर्माधर्मविशेषज्ञः सर्वं तरति दुस्तरम् ॥ २८ ॥

जो अपने धर्मके अनुसार कार्य करनेवाला, श्रद्धालु, मन और इन्द्रियोंको संयममें रखनेवाला, विद्वान्, किसीके दोष न देखनेवाला तथा धर्म और अधर्मका विशेषज्ञ है, वह सम्पूर्ण दुःखोंसे पार हो जाता है ॥ २८ ॥

धृतिमानप्रमत्तश्च दान्तो धर्मविदात्मवान् ।
वीतहर्षमदक्रोधो ब्राह्मणो नावसीदति ॥ २९ ॥

जो धैर्यवान्, प्रमादशून्य, जितेन्द्रिय, धर्मज्ञ, मनस्वी

तथा हर्ष, मद और क्रोधसे रहित है, वह ब्राह्मण कभी विषादको नहीं प्राप्त होता है ॥ २९ ॥

एषा पुरातनी वृत्तिर्ब्राह्मणस्य विधीयते।
ज्ञानवत्त्वेन कर्माणि कुर्वन् सर्वत्र सिध्यति ॥ ३० ॥

यह ब्राह्मणकी प्राचीनकालसे चली आनेवाली वृत्तिका विधान किया गया है। ज्ञानपूर्वक कर्म करनेवाले ब्राह्मणको सर्वत्र सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ३० ॥

अधर्मे धर्मकामो हि करोति ह्यविचक्षणः।
धर्मे चाधर्मसंकाशं शोचन्निव करोति [illegible] ॥ ३१ ॥

धर्मं करोमीति करोत्यधर्म-
मधर्मकामश्च करोति धर्मम्।
उभे बालः कर्मणी न प्रजानन्
स जायते म्रियते चापि देही ॥ ३२ ॥

जो मूढ है, वह धर्मकी इच्छा रखकर भी अधर्म करता है अथवा शोकमग्न-सा होकर अधर्मतुल्य धर्मका सम्पादन करता है। मूर्ख या अविवेकी मनुष्य न जाननेके कारण 'मैं धर्म कर रहा हूँ' ऐसा समझकर अधर्म करता है और अधर्मकी इच्छा रखकर धर्म करता है, इस प्रकार अज्ञानपूर्वक दोनों तरहके कर्म करनेवाला देहधारी मनुष्य बारबार जन्म लेता और मरता है ॥ ३१-३२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने पञ्चत्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २३५ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ पैंतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २३५ ॥

षट्त्रिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

ध्यानके सहायक योग, उनके फल और सात प्रकारकी धारणाओंका वर्णन तथा सांख्य एवं योगके अनुसार ज्ञानद्वारा मोक्षकी प्राप्ति

व्यास उवाच

अथ चेद् रोचयेदेतद्दुह्येत स्रोतसा यथा।
उन्मज्जंश्च निमज्जंश्च ज्ञानवान् प्लववान् भवेत् ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—वत्स! मनुष्य जिस [illegible] डूबता-उतराता हुआ जलके प्रवाहमें बहता रहता है और यदि संयोगवश कोई नौका मिल गयी तो उसकी सहायतासे पार [illegible] जाता है, उसी प्रकार संसार-सागरमें डूबता-उतराता हुआ मानव यदि इस संकटसे मुक्त होना चाहे तो उसे ज्ञानरूपी नौकाका आश्रय लेना चाहिये ॥ १ ॥

प्रज्ञया निश्चिता धीरास्तारयन्त्यबुधान् प्लवैः।
नाबुधास्तारयन्त्यन्यानात्मानं वा कथंचन ॥ २ ॥

जिन्हें बुद्धिद्वारा तत्त्वका पूर्ण निश्चय हो गया है, वे धीर पुरुष अपनी ज्ञाननौकाद्वारा दूसरे अज्ञानियोंको भी भवसागर- [illegible] पार कर देते हैं, परंतु जो अज्ञानी हैं वे न तो दूसरोंको तार सकते हैं और न अपना ही किसी प्रकार उद्धार कर पाते हैं ॥ २ ॥

छिन्नदोषो मुनिर्योगान् युक्तो युञ्जीत द्वादश।
देशकर्मानुरागार्थानुपायापायनिश्चयैः ॥ ३ ॥
चक्षुराहारसंहारैर्मनसा दर्शनेन च।

समाहितचित्त मुनिको चाहिये कि वह हृदयके राग आदि दोषोंको नष्ट करके योगमें सहायता पहुँचानेवाले देश, कर्म, अनुराग, अर्थ, उपाय, अपाय, निश्चय, चक्षुष्, आहार, संहार, मन और दर्शन—इन बारह योगोंका आश्रय ले ध्यानयोगका अभ्यास करे* ॥ ३½ ॥

यच्छेद् वाङ्मनसी बुद्ध्या य इच्छेज्ज्ञानमुत्तमम् ॥ [illegible] ॥
ज्ञानेन यच्छेदात्मानं य इच्छेच्छान्तिमात्मनः।

जो उत्तम ज्ञान प्राप्त करना चाहता हो, उसे बुद्धिके [illegible] और वाणीको जीतना चाहिये तथा जो अपने लिये शान्ति चाहे, उसे ज्ञानद्वारा बुद्धिको परमात्मामें नियन्त्रित [illegible] चाहिये ॥ ४½ ॥

एतेषां चेदनुद्रष्टा पुरुषोऽपि सुदारुणः ॥ ५ ॥
यदि वा सर्ववेदज्ञो यदि वाप्यनृचो द्विजः।
यदि वा धार्मिको [illegible] यदि वा पापकृत्तमः ॥ ६ ॥

* ध्यानयोगके साधकको ऐसे स्थानपर आसन लगाना चाहिये, जो समतल और पवित्र हो। निर्जन वन, गुफा या ऐसा ही कोई एकान्त स्थान [illegible] ध्यानके लिये उपयोगी होता है। ऐसे स्थानपर आसन लगानेको देशयोग कहते [illegible]। आहार-विहार, चेष्टा, सोना और जागना—ये सब परिमित और नियमानुकूल होने चाहिये। यही कर्मनामक योग है। परमात्मा एवं उसकी प्राप्तिके साधनोंमें तीव्र अनुराग रखना अनुरागयोग कहलाता है। केवल आवश्यक सामग्रीको ही रखना अर्थयोग है। ध्यानोपयोगी आसनसे बैठना उपाययोग है। संसारके विषयों और सगे-सम्बन्धियोंमें आसक्ति [illegible] ममता हटा लेनेको अपाययोग कहते हैं। गुरु और वेदशास्त्रके वचनोंपर विश्वास रखनेका नाम निश्चययोग है। चक्षुको नासिकाके अग्रभागपर स्थिर करना चक्षुर्योग है। शुद्ध और सात्त्विक भोजनका नाम है आहारयोग। विषयोंकी ओर दौड़नेवाली [illegible] इन्द्रियोंकी स्वाभाविक प्रवृत्तिको रोकना संहारयोग कहलाता है। मनको संकल्प-विकल्पसे रहित करके एकाग्र करना मनोयोग है। [illegible], मृत्यु, जरा और रोग आदि होनेके समय महान् दुःख और [illegible] दोषोंका वैराग्यपूर्वक दर्शन करना दर्शनयोग है। जिसे योगमें [illegible] सिद्धि [illegible] करनी हो, उसे इन बारह योगोंका अवश्य अवलम्बन करना चाहिये।

यदि वा पुरुषव्याघ्रो यदि वा क्लेशधारितः ।
तरत्येवं महादुर्गं जरामरणसागरम् ॥ ७ ॥

मनुष्य अत्यन्त दारुण हो या सम्पूर्ण वेदोंका [illegible] हो अथवा ब्राह्मण होकर भी वैदिकज्ञानसे शून्य हो अथवा धर्म-परायण एवं यज्ञशील हो या घोर पापाचारी हो अथवा पुरुषों- [illegible] सिंहके समान शूरवीर हो या बड़े कष्टसे जीवन धारण करता हो, [illegible] यदि इन बारह योगोंका भलीभाँति साक्षात्कार अर्थात् ज्ञान कर ले तो जरा-मृत्युके परम दुर्गम समुद्रसे पार हो जाता है ॥ ५–७ ॥

एवं ह्येतेन योगेन युञ्जानो ह्येवमन्ततः ।
अपि जिज्ञासमानोऽपि शब्दब्रह्मातिवर्तते ॥ ८ ॥

इस प्रकार सिद्धिपर्यन्त इस योगका अभ्यास करनेवाला पुरुष यदि [illegible] जिज्ञासु हो तो वेदोक्त सकाम कर्मोंकी सीमाको लाँघ जाता है ॥ ८ ॥

धर्मोपस्थो ह्रीवरूथ उपायापायकूबरः ।
अपानाक्षः प्राणयुगः प्रज्ञायुर्जीवबन्धनः ॥ ९ ॥
चेतनाबन्धुरश्चारुश्चाचारग्रहनेमिमान् ।
दर्शनस्पर्शनवहो घ्राणश्रवणवाहनः ॥ १० ॥
प्रज्ञानाभिः सर्वतन्त्रप्रतोदो ज्ञानसारथिः ।
क्षेत्रज्ञाधिष्ठितो धीरः श्रद्धादमपुरःसरः ॥ ११ ॥
त्यागसूक्ष्मानुगः क्षेम्यः शौचगो ध्यानगोचरः ।
जीवयुक्तो रथो दिव्यो ब्रह्मलोके विराजते ॥ १२ ॥

यह योग एक सुन्दर रथ है । धर्म ही इसका पिछला भाग या बैठक है । लज्जा आवरण है । पूर्वोक्त उपाय और अपाय इसका कूबर है । अपानवायु धुरा है । प्राणवायु जूआ है । बुद्धि आयु है । जीवन बन्धन है । चैतन्य बन्धुर है । सदाचार-ग्रहण इस रथकी नेमि हैं । नेत्र, त्वचा, [illegible] और श्रवण इसके वाहन हैं । प्रज्ञा नाभि है । सम्पूर्ण [illegible] चाबुक है । ज्ञान सारथि है । क्षेत्रज्ञ (जीवात्मा) इसपर रथी बन-कर बैठा हुआ है । यह रथ धीरे-धीरे चलनेवाला है । श्रद्धा और इन्द्रियदमन इस रथके आगे-आगे चलनेवाले रक्षक हैं । त्यागरूपी सूक्ष्म गुण इसके अनुगामी (पृष्ठ-रक्षक) हैं । यह मङ्गलमय रथ ध्यानके पवित्र मार्गपर चलता है । इस प्रकार यह जीवयुक्त दिव्य रथ ब्रह्मलोकमें विराजमान होता है अर्थात् इसके द्वारा जीवात्मा परब्रह्म परमात्माको प्राप्त कर लेता है ॥ ९–१२ ॥

[illegible] संत्वरमाणस्य रथमेवं युयुक्षतः ।
अक्षरं गन्तुमनसो विधिं वक्ष्यामि शीघ्रगम् ॥ १३ ॥

[illegible] प्रकार योगरथपर आरूढ़ हो साधनकी इच्छा रखने-वाले तथा अविनाशी [illegible] परमात्माको [illegible] प्राप्त करने- [illegible] कामनावाले साधकको जिस उपायसे शीघ्र सफलता मिलती है, [illegible] उपाय मैं बता रहा हूँ ॥ १३ ॥

सप्त या धारणाः कृत्स्ना वाग्यतः प्रतिपद्यते ।
पृष्ठतः पार्श्वतश्चान्यास्तावत्यस्ताः प्रधारणाः ॥ १४ ॥

साधक वाणीका [illegible] करके पृथ्वी, जल, तेज, वायु, [illegible], बुद्धि और अहंकारसम्बन्धी [illegible] धारणाओंको सिद्ध करता है । इनके विषयों (गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द, अहंवृत्ति और निश्चय) से सम्बन्धित सात प्रधारणाएँ इनकी पार्श्ववर्तिनी एवं पृष्ठवर्तिनी हैं ॥ १४ ॥

क्रमशः पार्थिवं यच्च वायव्यं खं [illegible] पयः ।
ज्योतिषो यत् तदैश्वर्यमहङ्कारस्य बुद्धितः ।
अव्यक्तस्य तथैश्वर्यं क्रमशः प्रतिपद्यते ॥ १५ ॥

साधक क्रमशः पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, अहंकार और बुद्धिके ऐश्वर्यपर अधिकार कर लेता है । इसके बाद वह क्रमपूर्वक अव्यक्त ब्रह्मका ऐश्वर्य भी प्राप्त कर लेता है* ॥

विक्रमाश्चापि यस्यैते तथा युक्तेषु योगतः ।
[illegible] योगस्य युक्तस्य सिद्धिमात्मनि पश्यतः ॥ १६ ॥

अब योगाभ्यासमें प्रवृत्त हुए योगियोंमेंसे जिस योगीको ये आगे बताये जानेवाले पृथ्वीजय आदि ऐश्वर्य जिस प्रकार [illegible] होते हैं; यह बताता हूँ तथा धारणापूर्वक ध्यान करते [illegible] ब्रह्म-प्राप्तिका अनुभव करनेवाले योगीको जो सिद्धि [illegible] होती है, उसका भी वर्णन करता हूँ ॥ १६ ॥

निर्मुच्यमानः सूक्ष्मत्वाद् रूपाणीमानि पश्यतः ।
शैशिरस्तु यथा धूमः सूक्ष्मः संश्रयते नभः ॥ १७ ॥

[illegible] जब स्थूल देहके अभिमानसे मुक्त होकर ध्यानमें स्थित होता है, [illegible] [illegible] सूक्ष्मदृष्टिसे युक्त होनेके [illegible] उसे कुछ इस तरहके रूप (चिह्न) दिखायी पड़ते हैं । प्रारम्भमें पृथ्वीकी धारणा करते समय मालूम होता है कि शिशिरकालीन कुहरेके समान कोई सूक्ष्म वस्तु सम्पूर्ण आकाशको आच्छादित कर रही है ॥ १[illegible] ॥

तथा देहाद् विमुक्तस्य पूर्वं रूपं भवत्युत ।
[illegible] धूमस्य विरमे द्वितीयं रूपदर्शनम् ॥ १८ ॥

इस प्रकार देहाभिमानसे मुक्त हुए योगीके अनुभवका यह पहला रूप है । जब कुहरा निवृत्त हो जाता है, [illegible] दूसरे [illegible] दर्शन होता है ॥ १८ ॥

---

* पातञ्जलयोग दर्शनमें 'देशबन्धश्चित्तस्य धारणा' अर्थात् एक-देशमें चित्तको एकाग्र करना धारणा बतलाया गया है । साधक सर्वप्रथम पृथ्वीतत्त्वमें चित्तको लगावे । [illegible] धारणासे [illegible] पृथ्वीतत्त्वपर अधिकार हो [illegible] है । फिर पृथ्वीतत्त्वको जलतत्त्वमें विलीन करके जलतत्त्वकी धारणा करे । इससे [illegible] जलतत्त्वका ऐश्वर्य प्राप्त कर लेता है । फिर [illegible] तत्त्वको अग्नितत्त्वमें विलीन करके अग्नितत्त्वकी धारणा करे । इससे अग्नितत्त्वपर अधिकार हो जाता है । तदनन्तर अग्निको वायुमें विलीन करके चित्तको वायुतत्त्वमें एकाग्र करे । इससे साधक वायुतत्त्वपर प्रभुत्व [illegible] कर लेता है । इसीप्रकार क्रमशः वायुको आकाशमें और आकाशको मनमें और मनको बुद्धिमें [illegible] करके उस-उस तत्त्वकी धारणा करे । इस प्रकार धारणाके ये सात [illegible] हैं । अन्तमें बुद्धिको अव्यक्त ब्रह्ममें विलीन [illegible] देना चाहिये ।

जलरूपमिवाकाशे तथैवात्मनि पश्यति।
अपां व्यतिक्रमे चास्य वह्निरूपं प्रकाशते ॥ १९ ॥

वह सम्पूर्ण आकाशमें जल-ही-जल-सा देखता है और आत्माको भी जलरूप अनुभव करता है (यह अनुभव जल-तत्त्वकी धारणा करते समय होता है)। फिर जलका लय हो जानेपर अग्नितत्त्वकी धारणा करते समय उसे सर्वत्र अग्नि प्रकाशित दिखायी देती है ॥ १९ ॥

तस्मिन्नुपरतेऽजोऽस्य पीतशस्त्रः प्रकाशते।
ऊर्णारूपसवर्णस्य तस्य रूपं प्रकाशते ॥ २० ॥

उसके भी लय हो जानेपर योगीको आकाशमें सर्वत्र फैले हुए वायुका ही अनुभव होता है। उस समय वृक्ष और पर्वत आदि अपने समस्त शस्त्रोंको पी जानेके कारण वायुकी 'पीतशस्त्र' संज्ञा हो जाती है अर्थात् पृथ्वी, जल और तेजरूप समस्त पदार्थोंको निगलकर वायु केवल आकाशमें ही आन्दोलित होता रहता है और योगी स्वयं भी ऊनके धागेके समान अत्यन्त छोटा और हलका होकर अपनेको निराधार आकाशमें वायुके साथ ही स्थित मानता है ॥ २० ॥

अथ श्वेतां गतिं गत्वा वायव्यं सूक्ष्ममप्युत।
अशुक्लं चेतसः सौक्ष्म्यमप्युक्तं ब्राह्मणस्य वै ॥ २१ ॥

तदनन्तर तेजका संहार और वायु-तत्त्वपर विजय प्राप्त होनेके पश्चात् वायुका सूक्ष्म रूप स्वच्छ आकाशमें लीन हो जाता है और केवल नीलाकाशमात्र शेष रह जाता है। उस अवस्थामें ब्रह्मभावको प्राप्त होनेकी इच्छा रखनेवाले योगीका चित्त अत्यन्त सूक्ष्म हो जाता है, ऐसा बताया गया है। (उसे अपने स्थूल रूपका तनिक भी भान नहीं रहता। यही वायुका लय और आकाशतत्त्वपर विजय कहलाता है।) ॥ २१ ॥

एतेष्वपि हि जातेषु फलजातानि मे शृणु।
जातस्य पार्थिवैश्वर्यैः सृष्टिरत्र विधीयते ॥ २२ ॥

इन सब लक्षणोंके प्रकट हो जानेपर योगीको जो-जो फल प्राप्त होते हैं, उन्हें मुझसे सुनो। पार्थिव ऐश्वर्यकी सिद्धि हो जानेपर योगीमें सृष्टि करनेकी शक्ति आ जाती है ॥

प्रजापतिरिवाक्षोभ्यः शरीरात् सृजते प्रजाः।
अङ्गुल्यङ्गुष्ठमात्रेण हस्तपादेन वा तथा ॥ २३ ॥
पृथिवीं कम्पयत्येको गुणो वायोरिति श्रुतिः।

वह प्रजापतिके समान क्षोभरहित होकर अपने शरीरसे प्रजाकी सृष्टि कर सकता है। जिसको वायुतत्त्व सिद्ध हो जाता है, वह बिना किसीकी सहायताके हाथ-पैर, अँगूठे अथवा अङ्गुलिमात्रसे दबाकर पृथ्वीको कम्पित कर सकता है—ऐसा सुननेमें आया है २३½ ॥

आकाशभूतश्चाकाशे सवर्णत्वात् प्रकाशते ॥ २४ ॥
वर्णतो गृह्यते चापि कामात् पिबति चाशयान्।

आकाशको सिद्ध करनेवाला पुरुष आकाशमें आकाशके ही-समान सर्वव्यापी हो जाता है। वह अपने शरीरको अन्तर्धान करनेकी शक्ति प्राप्त कर लेता है। जिसका जल-तत्त्वपर अधिकार होता है, वह इच्छा करते ही बड़े-बड़े जलाशयोंको पी जाता है ॥ २४½ ॥

न चास्य तेजसा रूपं दृश्यते शाम्यते तथा।
अहङ्कारेऽस्य विजिते पञ्चैते स्युर्वशानुगाः ॥ २५ ॥

अग्नितत्त्वको सिद्ध कर लेनेपर वह अपने शरीरको इतना तेजस्वी बना लेता है कि कोई उसकी ओर आँख उठाकर देख भी नहीं सकता और न उसके तेजको बुझा ही सकता है। अहंकारको जीत लेनेपर पाँचों भूत योगीके वशमें हो जाते हैं ॥

षण्णामात्मनि बुद्धौ च जितायां प्रभवत्यथ।
निर्दोषप्रतिभा ह्येनं कृत्स्ना समभिवर्तते ॥ २६ ॥

पञ्चभूत और अहंकार—इन छः तत्त्वोंका आत्मा है बुद्धि। उसको जीत लेनेपर सम्पूर्ण ऐश्वर्योंकी प्राप्ति हो जाती है तथा उस योगीको निर्दोष प्रतिभा (विशुद्ध तत्त्वज्ञान) पूर्ण रूपसे प्राप्त हो जाती है ॥ २६ ॥

तथैव व्यक्तमात्मानमव्यक्तं प्रतिपद्यते।
यतो निःसरते लोको भवति व्यक्तसंज्ञकः ॥ २७ ॥

उपर्युक्त सात पदार्थोंका कार्यभूत व्यक्त जगत् अव्यक्त परमात्मामें ही विलीन हो जाता है, क्योंकि उन्हीं परमात्मासे यह जगत् उत्पन्न होता है और व्यक्त नाम धारण करता है ॥

तत्राव्यक्तमयीं विद्यां शृणु त्वं विस्तरेण मे।
तथा व्यक्तमयं चैव सांख्ये पूर्वं निबोध मे ॥ २८ ॥

राजन्! तुम सांख्यदर्शनमें वर्णित अव्यक्तविद्याका विस्तारपूर्वक मुझसे श्रवण करो। सर्वप्रथम सांख्यशास्त्रमें कथित व्यक्तविद्याको मुझसे समझो ॥ २८ ॥

पञ्चविंशति तत्त्वानि तुल्यान्युभयतः समम्।
योगे सांख्येऽपि च तथा विशेषं तत्र मे शृणु ॥ २९ ॥

सांख्य और पातञ्जलयोग—इन दोनों दर्शनोंमें समान-भावसे पच्चीस तत्त्वोंका प्रतिपादन किया गया है*। इस

---

* सांख्य-कारिकामें बतलाया है—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः ॥
(सा० का० ३)

मूलप्रकृति—अव्याकृत माया, महत्तत्त्व आदि प्रकृतिके सात विकार—महत्तत्त्व, अहंकार और पञ्चतन्मात्राएँ (शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध), सोलह विकार—पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ (श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, रसना और घ्राण), पाँच कर्मेन्द्रियाँ (वाक्, हाथ, पैर, गुदा और शिश्न) एवं मन और पञ्चमहाभूत (आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी) एवं पुरुष, जो न प्रकृति है और न प्रकृतिका विकार ही—इस प्रकार सांख्यके अनुसार ये पचीस तत्त्व हैं।

पातञ्जलयोगदर्शनमें इनका इस प्रकार उल्लेख मिलता है—

विशेषाविशेषलिङ्गमात्रालिङ्गानि गुणपर्वाणि।
(योग० साधनपाद १९)

'विशेष—पञ्चमहाभूत, पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय और मन, अविशेष—पञ्चतन्मात्रा और अहंकार, लिङ्गमात्र—महत्तत्त्व, अलिङ्ग—मूलप्रकृति, इस प्रकार ये चौबीस तत्त्व एवं पचीसवाँ द्रष्टा (पुरुष) है।

विषयमें जो विशेष बात है, वह मुझसे सुनो ॥ २९ ॥

प्रोक्तं तद् व्यक्तमित्येव जायते वर्धते च यत्।
जीर्यते म्रियते चैव चतुर्भिर्लक्षणैर्युतम् ॥ ३० ॥

जन्म, वृद्धि, जरा और मरण—इन चार लक्षणोंसे युक्त जो तत्त्व है, उसीको व्यक्त कहते हैं ॥ ३० ॥

विपरीतमतो यत् तु तदव्यक्तमुदाहृतम्।
द्वावात्मानौ च वेदेषु सिद्धान्तेष्वप्युदाहृतौ ॥ ३१ ॥

जो तत्त्व इसके विपरीत है अर्थात् जिसमें जन्म आदि चारों विकार नहीं है, उसे अव्यक्त कहा गया है। वेदों और सिद्धान्तप्रतिपादक शास्त्रोंमें उस अव्यक्तके दो भेद बताये गये हैं—जीवात्मा और परमात्मा ॥ ३१ ॥

चतुर्लक्षणजं त्वाद्यं चतुर्वर्गं प्रचक्षते।
व्यक्तमव्यक्तजं चैव तथा बुद्धमथेतरत् ॥
सत्त्वं क्षेत्रज्ञ इत्येतद् द्वयमप्यनुदर्शितम् ॥ ३२ ॥
द्वावात्मानौ च वेदेषु विषयेष्वनुरज्यतः।
विषयात् प्रतिसंहारः सांख्यानां सिद्धिलक्षणम् ॥ ३३ ॥

अव्यक्त होते हुए भी जीवात्मा व्यक्तके सम्पर्कसे जन्म, वृद्धि, जरा और मृत्यु—इन चार लक्षणोंसे युक्त तथा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—इन चार पुरुषार्थोंसे सम्बन्धित कहा जाता है। दूसरा अव्यक्त परमात्मा ज्ञानस्वरूप है। व्यक्त (जडवर्ग) की उत्पत्ति उसी अव्यक्त (परमात्मा) से होती है। व्यक्तको सत्त्व (जडवर्ग—क्षेत्र) तथा अव्यक्त जीवात्माको क्षेत्रज्ञ कहा जाता है। इस प्रकार इन दोनोंहीका वर्णन किया गया है। वेदोंमें भी पूर्वोक्त दो आत्मा बताये गये हैं। विषयोंमें आसक्त हुआ जीवात्मा जब आसक्तिरहित होकर विषयोंसे निवृत्त हो जाता है, तब वह मुक्त कहलाता है। सांख्यवादियोंके मतमें यही मोक्षका लक्षण है ॥ ३२-३३ ॥

निर्ममश्चानहङ्कारो निर्द्वन्द्वश्छिन्नसंशयः।
नैव क्रुध्यति न द्वेष्टि नानृता भाषते गिरः ॥ ३४ ॥
आक्रुष्टस्ताडितश्चैव मैत्रेण ध्याति नाशुभम्।
वाग्दण्डकर्ममनसां त्रयाणां च निवर्तकः ॥ ३५ ॥
इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने द्विचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४२ ॥

[illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ बयालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २४२ ॥

त्रिचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

ब्राह्मणोंके उपलक्षणसे गार्हस्थ्य-धर्मका वर्णन

व्यास उवाच

द्वितीयमायुषो भागं गृहमेधी गृहे वसेत्।
धर्मलब्धैर्युतो दारैरग्नीनाहृत्य सुव्रतः ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा! [illegible] पुरुष अपनी आयुके दूसरे [illegible] गृहस्थधर्मका पालन करते हुए घरपर ही रहे। धर्मानुसार स्त्रीसे विवाह करके उसके साथ अग्नि-स्थापना करनेके पश्चात् नित्य अग्निहोत्र आदि करे और उत्तम [illegible] पालन करता रहे ॥ १ ॥

गृहस्थवृत्तयश्चैव चतस्रः कविभिः स्मृताः।
कुसूलधान्यः [illegible] कुम्भधान्यस्त्वनन्तरम् ॥ २ ॥
अश्वस्तनोऽथ कापोतीमाश्रितो वृत्तिमाहरेत् ।
तेषां परः परो ज्यायान् धर्मतो धर्मजित्तमः ॥ ३ ॥

गृहस्थ ब्राह्मणके लिये विद्वानोंने चार प्रकारकी आजीविका बतायी है—कोठेभर अनाजका संग्रह करके रखना, यह पहली जीविकावृत्ति है। कुंडेभर अन्नका संग्रह करना, [illegible] दूसरी वृत्ति है तथा उतने [illegible] अन्नका संग्रह करना जो

दूसरे दिनके लिये शेष न रहे, यह तीसरी वृत्ति है । अथवा 'कापोतीवृत्ति' (उञ्छवृत्ति) का आश्रय लेकर जीवन-निर्वाह करे, यह चौथी वृत्ति है । इन चारोंमें पहलीकी अपेक्षा दूसरी-दूसरी वृत्ति श्रेष्ठ है । अन्तिम वृत्तिका आश्रय लेनेवाला धर्मकी दृष्टिसे सर्वश्रेष्ठ है और वही सबसे बढ़कर धर्मविजयी है ॥ २-३ ॥

षट्कर्मा वर्तयत्येकस्त्रिभिरन्यः प्रवर्तते ।
द्वाभ्यामेकश्चतुर्थस्तु ब्रह्मसत्रे व्यवस्थितः ॥ ४ ॥

पहली श्रेणीके अनुसार जीविका चलानेवाले ब्राह्मणको यजन-याजन, अध्ययन-अध्यापन तथा दान और प्रतिग्रह—ये छः कर्म करने चाहिये । दूसरी श्रेणीवालेको अध्ययन, यजन और दान—इन तीन कर्मोंमें ही प्रवृत्त होना चाहिये । तीसरी श्रेणीवालेको अध्ययन और दान—ये दो ही कर्म करने चाहिये तथा चौथी श्रेणीवालेको केवल ब्रह्मयज्ञ (वेदाध्ययन) करना उचित है ॥ ४ ॥

गृहमेधिव्रतान्यत्र महान्तीह प्रचक्षते ।
नात्मार्थं पाचयेदन्नं न वृथा घातयेत् पशून् ॥ ५ ॥

गृहस्थोंके लिये शास्त्रोंमें बहुत से श्रेष्ठ नियम बताये गये हैं । वह केवल अपने ही भोजनके लिये रसोई न बनावे (अपितु देवता, पितर और अतिथियोंके उद्देश्यसे ही बनावे) और पशुहिंसा न करे, क्योंकि यह अनर्थमूलक है ॥

प्राणी वा यदि वाप्राणी संस्कारं यजुषार्हति ।
न दिवा प्रस्वपेज्जातु न पूर्वापररात्रिषु ॥ ६ ॥

यज्ञमें यजमान एवं हविष्य आदि सबका यजुर्वेदके मन्त्रसे संस्कार होना चाहिये । गृहस्थ पुरुष दिनमें कभी न सोये । रातके पहले और पिछले भागमें भी नींद न ले ॥ ६ ॥

न भुञ्जीतान्तरा काले नानृतावाह्वयेत् स्त्रियम् ।
नास्यानश्नन् गृहे विप्रो वसेत् कश्चिदपूजितः ॥ ७ ॥

सबेरे और शाम दो ही समय भोजन करे, बीचमें न करे । ऋतुकालके सिवा अन्य समयमें स्त्रीको अपनी शय्यापर न बुलावे । उसके घरपर आया हुआ कोई ब्राह्मण अतिथि आदर-सत्कार और भोजन पाये बिना न रह जाय ॥ ७ ॥

तथास्यातिथयः पूज्या हव्यकव्यवहाः सदा ।
वेदविद्याव्रतस्नाताः श्रोत्रिया वेदपारगाः ॥ ८ ॥
स्वधर्मजीविनो दान्ताः क्रियावन्तस्तपस्विनः ।
तेषां हव्यं च कव्यं चाप्यर्हणार्थं विधीयते ॥ ९ ॥

यदि द्वारपर अतिथिके रूपमें वेदके पारङ्गत विद्वान्, स्नातक, श्रोत्रिय, हव्य (यज्ञान्न) और कव्य (श्राद्धान्न) भोजन करनेवाले, जितेन्द्रिय, क्रियानिष्ठ, स्वधर्मसे ही जीवन-निर्वाह करनेवाले और तपस्वी ब्राह्मण आ जायँ तो सदा उनकी विधिवत् पूजा करके उन्हें हव्य और कव्य समर्पित करने चाहिये । उनके सत्कारके लिये यह सब करनेका विधान है ॥ ८-९ ॥

नखरै सम्प्रयातस्य स्वधर्मज्ञापकस्य च ।
अपविद्धाग्निहोत्रस्य गुरोर्वालीककारिणः ॥ १० ॥
संविभागोऽत्र भूतानां सर्वेषामेव शिष्यते ।
तथैवापचमानेभ्यः प्रदेयं गृहमेधिना ॥ ११ ॥

जो धार्मिकताका ढोंग दिखानेके लिये अपने नख और बाल बढ़ाकर आया हो, अपने ही मुखसे अपने किये हुए धर्मका विज्ञापन करता हो, अकारण अग्निहोत्रका त्याग कर चुका हो अथवा गुरुके साथ कपट करनेवाला हो, ऐसा मनुष्य भी गृहस्थके घरमें अन्न पानेका अधिकारी है । वहाँ सभी प्राणियोंके लिये अन्न-वितरणकी विधि है । जो अपने हाथसे भोजन नहीं बनाते, ऐसे लोगों (ब्रह्मचारियों और संन्यासियों) के लिये गृहस्थ पुरुषको सदा ही अन्न देना चाहिये ॥ १०-११ ॥

विघसाशी भवेन्नित्यं नित्यं चामृतभोजनः ।
अमृतं यज्ञशेषं स्याद् भोजनं हविषा समम् ॥ १२ ॥

गृहस्थको सदा विघस और अमृत अन्नका भोजन करना चाहिये । यज्ञसे बचा हुआ भोजन हविष्यके समान और अमृत माना गया है ॥ १२ ॥

भृत्यशेषं तु योऽश्नाति तमाहुर्विघसाशिनम् ।
विघसं भृत्यशेषं तु यज्ञशेषमथामृतम् ॥ १३ ॥

कुटुम्बमें भरण-पोषणके योग्य जितने लोग हैं, उनको भोजन करानेके बाद बचे हुए अन्नको जो भोजन करता है, उसे विघसाशी (विघस अन्न भोजन करनेवाला) बताया गया है । पोष्यवर्गसे बचे हुए अन्नको विघस तथा पञ्चमहायज्ञ एवं बलिवैश्वदेवसे बचे हुए अन्नको अमृत कहते हैं ॥

स्वदारनिरतो दान्तो ह्यनसूयुर्जितेन्द्रियः ।
ऋत्विक्पुरोहिताचार्यैर्मातुलातिथिसंश्रितैः ॥ १४ ॥
वृद्धबालातुरैर्वैद्यैर्ज्ञातिसम्बन्धिबान्धवैः ।
मातापितृभ्यां जामीभिर्भ्रात्रा पुत्रेण भार्यया ॥ १५ ॥
दुहित्रा दासवर्गेण विवादं न समाचरेत् ।
एतान् विमुच्य संवादान् सर्वपापैर्विमुच्यते ॥ १६ ॥

गृहस्थ पुरुष सदा अपनी ही स्त्रीसे प्रेम करे । इन्द्रियोंका संयम करके जितेन्द्रिय बने । किसीके गुणोंमें दोष न ढूँढ़े । वह ऋत्विज, पुरोहित, आचार्य, मामा, अतिथि, शरणागत, वृद्ध, बालक, रोगी, वैद्य, जाति-भाई, सम्बन्धी, बन्धु-बान्धव, माता-पिता, कुटुम्बकी स्त्री, भाई, पुत्र, पत्नी, पुत्री तथा सेवक-समूहके साथ कभी विवाद न करे । जो इन सबके साथ कलह त्याग देता है, वह सब पापोंसे मुक्त हो जाता है ॥ १४–१६ ॥

एतैर्जितस्तु जयति सर्वाँल्लोकान् न संशयः ।
आचार्यो ब्रह्मलोकेशः प्राजापत्ये पिता प्रभुः ॥ १७ ॥
अतिथिस्त्विन्द्रलोकस्य देवलोकस्य चर्त्विजः ।
जामयोऽप्सरसां लोके वैश्वदेवे तु ज्ञातयः ॥ १८ ॥

इनसे हार मानकर रहनेवाला मनुष्य सम्पूर्ण लोकोंपर विजय पाता है, इसमें संशय नहीं है । आचार्य ब्रह्मलोकका

स्वामी है, पिता प्रजापतिलोकका ईश्वर है, अतिथि इन्द्रलोकके और ऋत्विज देवलोकके स्वामी हैं। कुटुम्बकी स्त्रियाँ अप्सराओंके लोककी स्वामिनी हैं और जाति-भाई विश्वेदेव लोकके अधिकारी हैं ॥ १७-१८ ॥

सम्बन्धिबान्धवा दिक्षु पृथिव्यां मातृमातुलौ ।
वृद्धबालातुरकृशास्त्वाकाशे प्रभविष्णवः ॥ १९ ॥

सम्बन्धी और बन्धु-बान्धव दिशाओंपर, माता और [illegible] पृथ्वीपर तथा वृद्ध, बालक और निर्बल रोगी आकाशपर अपना प्रभुत्व रखते [illegible]। इन सबको संतुष्ट रखनेसे उन-उन लोकोंकी प्राप्ति होती है ॥ १९ ॥

भ्राता ज्येष्ठः समः पित्रा भार्या पुत्रः स्वका तनुः ।
[illegible] स्वा दासवर्गश्च दुहिता कृपणं परम् ॥ २० ॥

बड़ा भाई पिताके समान है। पत्नी और पुत्र अपने ही शरीर [illegible] तथा सेवकगण अपनी छायाके समान हैं। बेटी तो और भी अधिक दयनीय है ॥ २० ॥

तस्मादेतैरधिक्षिप्तः सहेन्नित्यमसंज्वरः ।
गृहधर्मपरो विद्वान् धर्मशीलो जितक्लमः ॥ २१ ॥

अतः इनके द्वारा कभी अपना तिरस्कार भी हो जाय तो सदा क्रोधरहित रहकर सहन कर लेना चाहिये। गृहस्थधर्मका पालन करनेवाले विद्वान् पुरुषको निश्चिन्त होकर क्लेश और थकावटको जीतकर धर्मका निरन्तर पालन करते रहना चाहिये ॥ २[illegible] ॥

न चार्थबद्धः कर्माणि धर्मवान् कश्चिदाचरेत् ।
गृहस्थवृत्तयस्तिस्रस्तासां निःश्रेयसं परम् ॥ २२ ॥

किसी भी धर्मात्मा पुरुषको धनके लोभसे धर्मकर्मोंका अनुष्ठान नहीं करना चाहिये। गृहस्थ ब्राह्मणके लिये जो तीन आजीविकाकी वृत्तियाँ बतायी गयी हैं, उनमें उत्तरोत्तर श्रेष्ठ एवं कल्याणकारिणी हैं ॥ २२ ॥

परं परं तथैवाहुश्चातुराश्रम्यमेव तत् ।
यथोक्ता नियमास्तेषां सर्वं कार्यं बुभूषता ॥ २३ ॥

इसी प्रकार चारों आश्रम भी उत्तरोत्तर श्रेष्ठ कहे गये हैं। उन आश्रमोंके जो शास्त्रोक्त नियम हैं, उन सबका अपनी उन्नति चाहनेवाले पुरुषको पालन करना चाहिये ॥ २३ ॥

कुम्भधान्यैरुञ्छशिलैः कापोतीं चास्थितास्तथा ।
यस्मिंश्चैते वसन्त्यर्हास्तद् राष्ट्रमभिवर्धते ॥ २४ ॥

कुडेभर अनाजका संग्रह करके अथवा उञ्छशिल (अनाजके एक-एक दाने बीनने अथवा उस अनाजकी बाली बीनने) के द्वारा अन्नका संग्रह करके 'कापोती-वृत्ति' [illegible] आश्रय लेनेवाले पूजनीय ब्राह्मण जिस देशमें निवास करते हैं, उस राष्ट्रकी वृद्धि होती है ॥ २४ ॥

पूर्वान् दश दश परान् पुनाति च पितामहान् ।
गृहस्थवृत्तीश्चाप्येता वर्तयेद् यो गतव्यथः ॥ २५ ॥

जो मनमें तनिक भी क्लेशका अनुभव न करके गृहस्थकी इन वृत्तियोंके सहारे जीवन निभाता है, वह अपनी दस पीढ़ीके पूर्वजोंको तथा दस पीढ़ीतक आगे होनेवाली संतानोंको पवित्र कर देता है ॥ २५ ॥

[illegible] चक्रधरलोकानां सदृशीमाप्नुयाद् गतिम् ।
जितेन्द्रियाणामथवा गतिरेषा विधीयते ॥ २६ ॥

उसे चक्रधारी श्रीविष्णुके लोकके सदृश उत्तम लोकोंकी प्राप्ति होती है अथवा वह जितेन्द्रिय पुरुषको मिलनेवाली श्रेष्ठ गति प्राप्त कर लेता है ॥ २६ ॥

स्वर्गलोको गृहस्थानामुदारमनसां हितः ।
स्वर्गो विमानसंयुक्तो वेददृष्टः सुपुष्पितः ॥ २७ ॥

उदारचित्तवाले गृहस्थोंको हितकारक स्वर्गलोक प्राप्त होता है। उनके लिये विमानसहित सुन्दर फूलोंसे सुशोभित परम रमणीय स्वर्ग सुलभ होता है, जिसका वेदोंमें वर्णन है ॥

स्वर्गलोको गृहस्थानां प्रतिष्ठा नियतात्मनाम् ।
[illegible] विहिता योनिरेषा यस्माद् विधीयते ।
द्वितीयं क्रमशः प्राप्य स्वर्गलोके महीयते ॥ २८ ॥

मन और इन्द्रियोंको संयममें रखनेवाले गृहस्थोंके लिये स्वर्गलोकको ही प्रतिष्ठाका स्थान नियत किया है। ब्रह्माजीने गार्हस्थ्य-आश्रमको स्वर्गकी प्राप्तिका कारण बनाया है; इसीलिये इसके पालनका विधान किया गया है। इस प्रकार क्रमशः द्वितीय आश्रम गार्हस्थ्यको पाकर मनुष्य स्वर्गलोकमें प्रतिष्ठित होता है ॥ २८ ॥

अतः परं परमुदारमाश्रमं
तृतीयमाहुस्त्यजतां कलेवरम् ।
वनौकसां गृहपतिनामनुत्तमं
शृणुष्व संक्लिष्टशरीरकारिणाम् ॥ २९ ॥

इस गृहस्थाश्रमके पश्चात् तीसरा उससे भी श्रेष्ठ परम उदार वानप्रस्थ-आश्रम है, जो शरीरको सुखाकर अस्थिचर्मावशिष्ट कर देनेवाले तथा वनमें रहकर तपस्यापूर्वक शरीरको त्यागनेवाले वानप्रस्थियोंका आश्रय है। यह गृहस्थोंसे श्रेष्ठतम माना गया है, अब इसके धर्म बताता हूँ, सुनो ॥ २९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने त्रिचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ तैंतालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २४३ ॥

चतुश्चत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

वानप्रस्थ और संन्यास-आश्रमके धर्म और महिमाका वर्णन

भीष्म उवाच

प्रोक्ता गृहस्थवृत्तिस्ते विहिता या मनीषिभिः ।
तदनन्तरमुक्तं यत् तन्निबोध युधिष्ठिर ॥ १ ॥
(व्यासेन कथितं पूर्वं सुताय सुमहात्मने ।)

भीष्मजी कहते हैं—बेटा युधिष्ठिर ! मनीषी पुरुषों-द्वारा जिसका विधान एवं आचरण किया गया है, उस गृहस्थ-वृत्तिका मैंने तुमसे वर्णन किया । तदनन्तर व्यासजीने अपने महात्मा पुत्र शुकदेवसे जो कुछ कहा था, वह सब [illegible] हूँ, सुनो ॥ १ ॥

क्रमशस्त्ववधूयैनां तृतीयां वृत्तिमुत्तमाम् ।
संयोगव्रतखिन्नानां वानप्रस्थाश्रमौकसाम् ॥ २ ॥
श्रूयतां पुत्र भद्रं ते सर्वलोकाश्रमात्मनाम् ।
प्रेक्षापूर्वं प्रवृत्तानां पुण्यदेशनिवासिनाम् ॥ ३ ॥

वत्स ! तुम्हारा कल्याण हो । गृहस्थकी इस उत्तम तृतीय वृत्तिकी भी उपेक्षा करके सहधर्मिणीके संयोगसे किये जानेवाले व्रत-नियमोंद्वारा जो खिन्न हो चुके हैं तथा वानप्रस्थ-आश्रमको जिन्होंने अपना आश्रय बना लिया है, सम्पूर्ण लोक और आश्रम जिनके अपने ही स्वरूप हैं, जो विचारपूर्वक व्रत और नियमोंमें प्रवृत्त हैं तथा पवित्र स्थानोंमें निवास करते हैं, ऐसे वनवासी मुनियोंका जो धर्म है, उसे बताता हूँ, सुनो ॥ २-३ ॥

व्यास उवाच

गृहस्थस्तु यदा पश्येद् वलीपलितमात्मनः ।
अपत्यस्यैव चापत्यं वनमेव तदा श्रयेत् ॥ ४ ॥
तृतीयमायुषो भागं वानप्रस्थाश्रमे वसेत् ।
तानेवाग्नीन् परिचरेद् यजमानो दिवौकसः ॥ ५ ॥

व्यासजी बोले—बेटा ! गृहस्थ पुरुष जब अपने सिरके बाल सफेद दिखायी दें, शरीरमें झुर्रियाँ पड़ जायँ और पुत्रको भी पुत्रकी प्राप्ति हो जाय तो अपनी आयुका तीसरा भाग व्यतीत करनेके लिये वनमें जाय और वानप्रस्थ-आश्रममें रहे । [illegible] वानप्रस्थ-आश्रममें भी उन्हीं अग्नियोंका सेवन करे, जिनकी गृहस्थाश्रममें उपासना करता था । साथ ही वह प्रतिदिन देवाराधन भी करता रहे ॥ ४-५ ॥

नियतो नियताहारः षष्ठभुक्तोऽप्रमत्तवान् ।
तदग्निहोत्रं ता गावो यज्ञाङ्गानि च सर्वशः ॥ ६ ॥

वानप्रस्थी पुरुष नियमके साथ रहे, नियमानुकूल भोजन करे । दिनके छठे भाग अर्थात् तीसरे पहरमें एक बार अन्न ग्रहण करे और प्रमादसे बचा रहे । गृहस्थाश्रमकी ही भाँति अग्निहोत्र, वैसी ही गो-सेवा तथा उसी प्रकार यज्ञके सम्पूर्ण अङ्गोंका सम्पादन करना वानप्रस्थका धर्म है ॥ ६ ॥

अफालकृष्टं व्रीहियवं नीवारं विघसानि च ।
हवींषि सम्प्रयच्छेत मखेष्वत्रापि पञ्चसु ॥ ७ ॥

वनवासी मुनि बिना जोती हुई पृथ्वीसे पैदा हुआ धान, जौ, नीवार तथा विघस (अतिथियोंको देनेसे बचे हुए) अन्नसे जीवन-निर्वाह करे । वानप्रस्थमें भी पञ्चमहायज्ञोंमें हविष्य वितरण करे ॥ [illegible] ॥

वानप्रस्थाश्रमेऽप्येताश्चतस्रो वृत्तयः स्मृताः ।
सद्यःप्रक्षालकाः केचित् केचिन्मासिकसंचयाः ॥ ८ ॥

वानप्रस्थ-आश्रममें भी चार प्रकारकी वृत्तियाँ मानी गयी हैं । कोई उतने ही अन्नका संग्रह करते हैं कि तुरंत बना-खाकर बर्तनको धो माँजकर साफ कर ले अर्थात् वे दूसरे दिनके लिये कुछ नहीं बचाते । कुछ दूसरे लोग वे हैं, जो एक महीनेके लिये अनाजका संग्रह करते हैं ॥ ८ ॥

वार्षिकं संचयं केचित् केचिद् द्वादशवार्षिकम् ।
कुर्वन्त्यतिथिपूजार्थं यज्ञतन्त्रार्थमेव वा ॥ ९ ॥

कोई वर्षभरके लिये और कोई बारह वर्षोंके लिये अन्नका संग्रह करते हैं । उनका यह संग्रह अतिथि-[illegible] तथा यज्ञकर्मके लिये होता है ॥ ९ ॥

अभ्रावकाशा वर्षासु हेमन्ते जलसंश्रयाः ।
ग्रीष्मे [illegible] पञ्च तपसः शश्वच्च मितभोजनाः ॥ १० ॥

वे वर्षाके [illegible] खुले आकाशके नीचे और सर्दीमें पानीके भीतर खड़े रहते हैं । जब गर्मी आती है, तब पञ्चाग्निसे शरीरको तपाते हैं और सदा स्वल्प भोजन करनेवाले होते हैं ॥

भूमौ विपरिवर्तन्ते तिष्ठन्ति प्रपदैरपि ।
स्थानासनैर्वर्तयन्ति सवनेष्वभिषिञ्चते ॥ ११ ॥

वानप्रस्थी महात्मा जमीनपर लोट-पोट करते, पंजोंके बल खड़े होते, एक स्थानपर आसन लगाकर बैठते तथा तीनों काल स्नान और संध्या करते हैं ॥ ११ ॥

दन्तोलूखलिकाः केचिदश्मकुट्टास्तथा परे ।
शुक्लपक्षे पिबन्त्येके यवागूं क्वथितां सकृत् ॥ १२ ॥
कृष्णपक्षे पिबन्त्यन्ये भुञ्जते [illegible] यथागतम् ।

कोई दाँतोंसे ही ओखलीका काम लेते हैं, अर्थात् कच्चे अन्नको चबा-चबाकर खाते हैं । दूसरे लोग पत्थरपर कूटकर भोजन करते हैं और कोई-कोई शुक्लपक्ष या कृष्णपक्षमें एक बार जौका औटाया हुआ माँड़ पीकर रह जाते हैं अथवा समयानुसार जो कुछ मिल जाय वही खाकर जीवन निर्वाह करते हैं ॥ १२½ ॥

मूलैरेके फलैरेके पुष्पैरेके दृढव्रताः ॥ १३ ॥
वर्तयन्ति यथान्यायं वैखानसगतिं श्रिताः ।

वानप्रस्थ-धर्मका आश्रय लेकर कोई कन्द-मूलसे और कोई-कोई दृढ व्रतका पालन करते हुए फूलोंसे ही धर्मानुकूल जीविका चलाते हैं ॥ १३½ ॥

एताश्चान्याश्च विविधा दीक्षास्तेषां मनीषिणाम् ॥ १४ ॥
चतुर्थश्चौपनिषदो धर्मः साधारणः स्मृतः ।
वानप्रस्थाद् गृहस्थाच्च ततोऽन्यः सम्प्रवर्तते ॥ १५ ॥

उन मनीषी पुरुषोंके लिये ये तथा और भी बहुत-से नाना प्रकारके नियम शास्त्रोंमें बताये गये हैं । चौथे संन्यास-आश्रममें विहित जो उपनिषद्-प्रतिपादित शम, दम, उपरति, तितिक्षा और समाधानरूप धर्म है, वह सभी आश्रमोंके लिये साधारण माना गया है, उसका पालन सभी आश्रमवालोंको करना चाहिये; किंतु चौथे आश्रम संन्यासका जो विशेष धर्म है, वह वानप्रस्थ और गृहस्थसे भिन्न है ॥ १४-१५ ॥

अस्मिन्नेव युगे तात विप्रैः सर्वार्थदर्शिभिः ।
अगस्त्यः सप्त ऋषयो मधुच्छन्दोऽघमर्षणः ॥ १६ ॥
सांकृतिः सुदिवा तण्डिर्यथावासोऽकृतश्रमः ।
अहोवीर्यस्तथा काव्यस्ताण्ड्यो मेधातिथिर्बुधः ॥ १७ ॥
बलवान् कर्णनिर्वाकः शून्यपालः कृतश्रमः ।
एतं धर्मं कृतवन्तस्ततः स्वर्गमुपागमन् ॥ १८ ॥

तात ! इस युगमे भी सर्वार्थदर्शी ब्राह्मणोंने इस वानप्रस्थ-धर्मका पालन एवं प्रसार किया । अगस्त्य, सप्तर्षिगण, मधुच्छन्द, अघमर्षण, सांकृति, सुदिवा, तण्डि, यथावास, अकृतश्रम, अहोवीर्य, काव्य (शुक्राचार्य), ताण्ड्य, मेधातिथि, बुध, शक्तिशाली कर्ण निर्वाक, शून्यपाल और कृतश्रम—इन सबने इस धर्मका पालन किया, जिससे ये सभी स्वर्गलोकको प्राप्त हुए ॥ १६–१८ ॥

तात प्रत्यक्षधर्माणस्तथा यायावरा गणाः ।
ऋषीणामुग्रतपसां धर्मनैपुणदर्शिनाम् ॥ १९ ॥
अन्ये चापरिमेयाश्च ब्राह्मणा वनमाश्रिताः ।
वैखानसा वालखिल्याः सैकताश्च तथा परे ॥ २० ॥

तात ! जिनकी तपस्या उग्र है, जिन्होंने धर्मकी निपुणताको देखा और अनुभव किया है, उन ऋषियोंके यायावर नामक गण भी वानप्रस्थी हैं, जिन्हें धर्मके फलका प्रत्यक्ष अनुभव है । ये तथा और भी असंख्य वनवासी [illegible] वालखिल्य और सैकत नामवाले दूसरे मुनि भी वैखानस ([illegible]) धर्मका पालन करनेवाले हैं ॥ १९-२० ॥

कर्मभिस्ते निरानन्दा धर्मनित्या जितेन्द्रियाः ।
गताः प्रत्यक्षधर्माणस्ते सर्वे वनमाश्रिताः ॥ २१ ॥
अनक्षत्रास्त्वनाधृष्या दृश्यन्ते ज्योतिषां गणाः ।

ये सब [illegible] प्रायः उपवास आदि क्लेशदायक कर्म करनेके कारण लौकिक सुखसे रहित थे । [illegible] धर्ममें तत्पर रहते और इन्द्रियोंको वशमें रखते थे । उन्हें धर्मके फल[illegible] प्रत्यक्ष अनुभव था । वे सब-के-सब वानप्रस्थी थे । इस लोकसे जानेपर आकाशमें वे नक्षत्र भिन्न, दुर्धर्ष ज्योतिर्मय तारोंके रूपमें दृष्टिगोचर होते हैं २१½ ॥

जरया [illegible] परिद्यूनो व्याधिना [illegible] प्रपीडितः ॥ २२ ॥
चतुर्थे चायुषः शेषे वानप्रस्थाश्रमं त्यजेत् ।
सद्यस्कारां निरूप्येष्टिं सर्ववेदसदक्षिणाम् ॥ २३ ॥

इस प्रकार वानप्रस्थकी अवधि पूरी कर लेनेके बाद जब आयुका चौथा भाग शेष रह जाय, वृद्धावस्थासे शरीर दुर्बल हो [illegible] और रोग सताने लगें तो उस आश्रमका परित्याग कर दे (और संन्यास-आश्रम ग्रहण कर [illegible]) । संन्यासकी दीक्षा लेते समय एक दिनमें पूरा होनेवाला यज्ञ करके अपना सर्वस्व दक्षिणामें दे डाले ॥ २२-२३ ॥

आत्मयाजी सोऽऽत्मरतिरात्मक्रीडात्मसंश्रयः ।
आत्मन्यग्नीन् समारोप्य त्यक्त्वा सर्वपरिग्रहान् ॥ २४ ॥
सद्यस्कांश्च यजेद् यज्ञानिष्टीश्चैवेह सर्वदा ।
यदैव याजिनां यज्ञादात्मनीज्या प्रवर्तते ॥ २५ ॥

फिर आत्माका ही यजन, आत्मामें ही रत होकर आत्मा[illegible] ही क्रीडा करे । [illegible] प्रकारसे आत्माका ही आश्रय ले । अग्निहोत्रकी अग्नियोंको आत्मामें ही आरोपित करके सम्पूर्ण संग्रह-परिग्रहका त्याग दे और तुरंत सम्पन्न किये जानेवाले ब्रह्मयज्ञ आदि यज्ञों तथा इष्टियोंका सदा ही मानसिक अनु[illegible] करता रहे । ऐसा तबतक करे, [illegible] कि याज्ञिकोंके कर्ममय यज्ञसे हटकर आत्मयज्ञका अभ्यास न [illegible] [illegible] ॥ २४-२५ ॥

त्रींश्चैवाग्नीन् यजेत् सम्यगात्मन्येवात्ममोक्षणात् ।
प्राणेभ्यो यजुषः पञ्च षट् प्राश्नीयादकुत्सयन् ॥ २६ ॥

आत्मयज्ञका स्वरूप इस प्रकार है, अपने भीतर ही तीनों अग्नियोंकी विधिपूर्वक स्थापना करके देहपात होनेतक प्राणाग्निहोत्रकी विधिसे भलीभाँति यजन करता रहे । यजुर्वेदके 'प्राणाय स्वाहा'[1] आदि मन्त्रोंका उच्चारण [illegible] हुआ पहले अन्नके पाँच-छः ग्रास ग्रहण करे (फिर आचमनके पश्चात्) शेष अन्नकी निन्दा न करते हुए मौनभावसे भोजन करे ॥ २६ ॥

केशलोमनखान् वाप्य वानप्रस्थो मुनिस्ततः ।
आश्रमादाश्रमं पुण्यं पूतो गच्छति कर्मभिः ॥ २७ ॥

[illegible] मुनि केश, लोम और [illegible] कटाकर कर्मोंसे पवित्र हो वानप्रस्थ-आश्रमसे पुण्यमय संन्यास-आश्रम[illegible] प्रवेश करे ॥ २७ ॥

अभयं सर्वभूतेभ्यो दत्त्वा यः प्रव्रजेद् द्विजः ।
लोकास्तेजोमयास्तस्य प्रेत्य चानन्त्यमश्नुते ॥ २८ ॥

जो ब्राह्मण सम्पूर्ण प्राणियोंको अभयदान देकर संन्यासी हो [illegible] है, वह मरनेके पश्चात् तेजोमय लोकमें [illegible] है और अन्तमें मोक्ष प्राप्त कर लेता है ॥ २८ ॥

सुशीलवृत्तो व्यपनीतकल्मषो
न चेह नामुत्र च कर्तुमीहते ।
अरोषमोहो गतसंधिविग्रहो
भवेदुदासीनवदात्मवित्तरः ॥ २९ ॥

आत्मज्ञानी पुरुष सुशील, सदाचारी और पापरहित होता है । वह इहलोक और परलोकके लिये भी कोई कर्म करना नहीं चाहता । क्रोध, मोह, संधि और विग्रहका त्याग करके वह सब ओरसे उदासीन-सा रहता है ॥ २९ ॥

यमेषु चैवानुगतेषु न व्यथे
स्वशास्त्रसूत्राहुतिमन्त्रविक्रमः ।

१. [illegible] स्वाहा, [illegible] अपानाय स्वाहा, ॐ व्यानाय स्वाहा, ॐ समानाय स्वाहा, [illegible] उदानाय स्वाहा—ये प्राणाग्निहोत्रके पाँच मन्त्र हैं, भोजन आरम्भ करते [illegible] पहले आचमन करके इनमेंसे एक-एक मन्त्रको पढ़कर एक-एक ग्रास अन्न मुँहमें डाले । [illegible] प्रकार पाँच [illegible] पूरे होनेपर [illegible] आचमन कर के । [illegible] प्राणाग्निहोत्र [illegible] ।

भवेद् यथेष्टागतिरात्मवेदिनि
न संशयो धर्मपरे जितेन्द्रिये ॥ ३० ॥

जो अहिंसा आदि यमों और शौच-संतोष आदि नियमो- का पालन करनेमें कभी कष्टका अनुभव नहीं करता, संन्यास-आश्रमका विधान करनेवाले शास्त्रके सूत्रभूत वचनोंके अनुसार त्यागमयी अग्निमें अपने सर्वस्वकी आहुति दे देनेके लिये निरन्तर उत्साह दिखाता है, उसे इच्छानुसार गति (मुक्ति) प्राप्त होती है । ऐसे जितेन्द्रिय एवं धर्मपरायण आत्मज्ञानीकी मुक्तिके विषयमें तनिक भी संदेहके लिये स्थान नहीं है ॥ ३० ॥

ततः परं श्रेष्ठमतीव सद्गुणै-
रधिष्ठितं त्रीनधिवृत्तिमुत्तमम्।
चतुर्थमुक्तं परमाश्रमं शृणु
प्रकीर्त्यमानं परमं परायणम् ॥ ३१ ॥

जो वानप्रस्थ-आश्रमसे उत्कृष्ट तथा अपने सद्गुणोंके कारण अति ही श्रेष्ठ है, जो पूर्वोक्त तीनों आश्रमोंमें ऊपर है, जिसमें शम आदि गुणोंका अधिक विकास होता है, जो सबसे श्रेष्ठ और सबकी परम गति है, उस सर्वोत्तम चतुर्थ आश्रम-का यद्यपि वर्णन किया गया है, तथापि पुनः विशेषरूपसे उसका प्रतिपादन करता हूँ; तुम ध्यान देकर सुनो ॥ ३१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने चतुश्चत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ चौवालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २४४ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका ½ श्लोक मिलाकर कुल ३१½ श्लोक हैं)

पञ्चचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

संन्यासीके आचरण और ज्ञानवान् संन्यासीकी प्रशंसा

शुक उवाच

वर्तमानस्तथैवात्र वानप्रस्थाश्रमे यथा ।
योक्तव्योऽऽत्मा कथं शक्त्या वेद्यं वै काङ्क्षता परम्॥१॥

शुकदेवजीने पूछा—पिताजी ! ब्रह्मचर्य और गार्हस्थ्य आश्रमोंमें जैसे शास्त्रोक्त नियमके अनुसार चलना आवश्यक है, उसी प्रकार इस वानप्रस्थ आश्रममें भी शास्त्रोक्त नियमका पालन करते हुए चलना चाहिये । यह बात तो मैंने सुन लिया । अब मैं यह जानना चाहता हूँ, जो जानने योग्य परब्रह्म परमात्माको पाना चाहता हो, उसे अपनी शक्तिके अनुसार उस परमात्माका चिन्तन कैसे करना चाहिये ? ॥ १ ॥

व्यास उवाच

प्राप्य संस्कारमेताभ्यामाश्रमाभ्यां ततः परम्।
यत्कार्यं परमार्थं तु तदिहैकमनाः शृणु ॥ २ ॥

व्यासजीने कहा—बेटा ! ब्रह्मचर्य और गृहस्थाश्रमके धर्मोंद्वारा चित्तका संस्कार (शोधन) करनेके अनन्तर मुक्तिके लिये जो वास्तविक कर्तव्य है, उसे बताता हूँ, तुम यहाँ एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥ २ ॥

कषायं पाचयित्वाऽऽशु श्रेणिस्थानेषु च त्रिषु ।
प्रव्रजेच्च परं स्थानं पारिव्राज्यमनुत्तमम् ॥ ३ ॥

पङ्क्तिक्रमसे स्थित पूर्वोक्त तीन आश्रम ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थमें चित्तके राग-द्वेष आदि दोषोंको पकाकर—उन्हें नष्ट करके शीघ्र ही सर्वोत्तम चतुर्थ आश्रम संन्यासको ग्रहण कर ले॥

तद् भवानेवमभ्यस्य वर्ततां श्रूयतां तथा ।
एक एव चरेद् धर्मं सिद्ध्यर्थमसहायवान् ॥ ४ ॥

बेटा ! तुम इस संन्यास-धर्मके नियमोंको सुनो और उन्हें अभ्यासमें लाकर उसीके अनुसार वर्ताव करो । संन्यासीको चाहिये कि वह सिद्धि प्राप्त करनेके लिये किसीको साथ न लेकर अकेला ही संन्यास-धर्मका पालन करे ॥ ४ ॥

एकश्चरति यः पश्यन् न जहाति न हीयते ।
अनग्निरनिकेतश्च ग्राममन्नार्थमाश्रयेत् ॥ ५ ॥

जो आत्मतत्त्वका साक्षात्कार करके एकाकी विचरता रहता है, वह सर्वव्यापी होनेके कारण न तो स्वयं किसीका त्याग करता है और न दूसरे ही उसका त्याग करते हैं । संन्यासी कभी न तो अग्निकी स्थापना करे और न घर या मठ ही बनाकर रहे; केवल भिक्षा लेनेके लिये ही गाँवमें जाय ॥ ५ ॥

अश्वस्तनविधाता स्यान्मुनिर्भावसमाहितः ।
लघ्वाशी नियताहारः सकृदन्ननिषेविता ॥ ६ ॥

वह दूसरे दिनके लिये अन्नका संग्रह न करे । चित्त-वृत्तियोंको एकाग्र करके मौनभावसे रहे । हलका और नियमानुकूल भोजन करे तथा दिन-रातमें केवल एक ही बार अन्न ग्रहण करे ॥ ६ ॥

कपालं वृक्षमूलानि कुचैलमसहायता ।
उपेक्षा सर्वभूतानामेतावद् भिक्षुलक्षणम् ॥ ७ ॥

भिक्षापात्र एवं कमण्डलु रखे । वृक्षकी जड़में सोये या निवास करे । जो देखनेमें सुन्दर न हो, ऐसा वस्त्र धारण करे । किसीको साथ न रखे और सब प्राणियोंकी उपेक्षा कर दे । ये सब संन्यासीके लक्षण हैं ॥ ७ ॥

यस्मिन् वाचः प्रविशन्ति कूपे त्रस्ता द्विपा इव।
न वक्तारं पुनर्यान्ति स कैवल्याश्रमे वसेत्॥ ८ ॥

जैसे डरे हुए हाथी भागकर किसी जलाशयमें प्रवेश कर जाते हैं, फिर सहसा निकलकर अपने पूर्व स्थानको नहीं लौटते उसी प्रकार जिस पुरुषमें दूसरोंके कहे हुए निन्दात्मक या प्रशंसात्मक वचन समा जाते हैं, परंतु प्रत्युत्तरके रूपमें वे वापस पुनः नहीं लौटते अर्थात् जो किसीकी की हुई निन्दा

[illegible] स्तुतिका कोई उत्तर नहीं देता, वही सन्यास आश्रममें निवास [illegible] सकता है ॥ ८ ॥

नैव पश्येन्न शृणुयादवाच्यं जातु कस्यचित् ।
ब्राह्मणानां विशेषेण नैव ब्रूयात् कथंचन ॥ ९ ॥

सन्यासी किसीकी निन्दा करनेवाले पुरुषकी ओर आँख उठाकर देखे नहीं, कभी किसीका निन्दात्मक वचन सुने नहीं तथा विशेषतः ब्राह्मणोंके प्रति किसी प्रकार न कहने योग्य बात न कहे ॥ ९ ॥

यद् ब्राह्मणस्य कुशलं तदेव सततं वदेत् ।
तूष्णीमासीत निन्दायां कुर्वन् भैषज्यमात्मनः ॥ १० ॥

जिससे ब्राह्मणोंका हित हो, वैसा ही वचन सदा बोले । अपनी निन्दा सुनकर भी चुप रह जाय—इस मौनावलम्बनको भवरोगसे छूटनेकी दवा समझकर इसका सेवन करता रहे ॥

येन पूर्णमिवाकाशं भवत्येकेन सर्वदा ।
शून्यं येन जनाकीर्णं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ ११ ॥

जो सदा अपने सर्वव्यापी स्वरूपसे स्थित होनेके कारण अकेले ही सम्पूर्ण आकाशमें परिपूर्ण-सा हो रहा है तथा जो असङ्ग होनेके कारण लोगोंसे भरे हुए स्थानको भी सूना [illegible] है, उसे ही देवतालोग ब्राह्मण (ब्रह्मज्ञानी) मानते हैं ॥ ११ ॥

येन केनचिदाच्छन्नो येन केनचिदाशितः ।
यत्र क्वचन शायी च तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ १२ ॥

जो जिस किसी भी (वस्त्र-वल्कल आदि) वस्तुसे अपना शरीर [illegible] लेता है, समयपर जो भी रूखा-सूखा मिल जाय, उसीसे भूख मिटा लेता है और जहाँ कहीं भी सो रहता है, उसे देवता ब्रह्मज्ञानी समझते हैं ॥ १२ ॥

अहेरिव गणाद् भीतः सौहित्यान्नरकादिव ।
कुणपादिव च स्त्रीभ्यस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ १३ ॥

जो जनसमुदायको सर्प-सा समझकर उसके निकट जानेसे [illegible] है, स्वादिष्ट भोजनजनित तृप्तिको नरक-सा मानकर उससे दूर रहता है और स्त्रियोंको मुर्दोंके समान समझकर उनकी ओरसे विरक्त होता है, उसे देवता ब्रह्मज्ञानी मानते हैं ॥

न क्रुद्ध्येन्न प्रहृष्येच्च मानितोऽमानितश्च यः ।
सर्वभूतेष्वभयदस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ १४ ॥

जो सम्मान प्राप्त होनेपर हर्षित, अपमानित होनेपर कुपित नहीं होता तथा जिसने सम्पूर्ण प्राणियोंको अभय-दान कर दिया है, उसे ही देवता लोग ब्रह्मज्ञानी मानते हैं ॥१४॥

नाभिनन्देत मरणं नाभिनन्देत जीवितम् ।
कालमेव प्रतीक्षेत निदेशं भृतको यथा ॥ १५ ॥

संन्यासी न तो जीवनका अभिनन्दन करे और न मृत्युका ही। जैसे सेवक स्वामीके आदेशकी प्रतीक्षा करता रहता है, उसी प्रकार उसे भी कालकी प्रतीक्षा करनी चाहिये ॥ १५ ॥

अनभ्याहतचित्तः स्यादनभ्याहतवाग् भवेत् ।
निर्मुक्तः सर्वपापेभ्यो निरमित्रस्य किं भयम् ॥ १६ ॥

संन्यासी अपने चित्तको राग-द्वेष आदि दोषोंसे दूषित न होने दे । अपनी वाणीको निन्दा आदि दोषोंसे बचावे और सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त होकर सर्वथा शत्रुहीन हो जाय । जिसे ऐसी स्थिति प्राप्त हो उसे किसीसे क्या भय हो सकता है ? ॥ १६ ॥

अभयं सर्वभूतेभ्यो भूतानामभयं ततः ।
[illegible] मोहाद् विमुक्तस्य भयं नास्ति कुतश्चन ॥ १७ ॥

जिसे सम्पूर्ण प्राणियोंसे अभय प्राप्त है तथा जिसकी ओरसे किसी भी प्राणीको कोई भय नहीं है, उस मोहमुक्त पुरुषको किसीसे भी भय नहीं होता ॥ १७ ॥

यथा नागपदेऽन्यानि पदानि पदगामिनाम् ।
सर्वाण्येवापिधीयन्ते पदजातानि कौञ्जरे ॥ १८ ॥
एवं सर्वमहिंसायां धर्मार्थमपिधीयते ।
अमृतः स नित्यं वसति यो हिंसां न प्रपद्यते ॥ १९ ॥

जैसे पैरोंद्वारा चलनेवाले अन्य प्राणियोंके सम्पूर्ण पदचिह्न हाथीके पदचिह्नमें समा जाते हैं, उसी प्रकार सारा धर्म और अर्थ अहिंसाके अन्तर्भूत है । जो किसीकी हिंसा नहीं करता, वह सदा अमृत (जन्म और मृत्युके बन्धनसे मुक्त) होकर निवास करता है ॥ १८-१९ ॥

अहिंसकः समः सत्यो धृतिमान् नियतेन्द्रियः ।
शरण्यः सर्वभूतानां गतिमाप्नोत्यनुत्तमाम् ॥ २० ॥

जो हिंसा न करनेवाला, समदर्शी, सत्यवादी, धैर्यवान्, जितेन्द्रिय और सम्पूर्ण प्राणियोंको शरण देनेवाला है, वह अत्यन्त उत्तम गति पाता है ॥ २० ॥

एवं प्रज्ञानतृप्तस्य निर्भयस्य निराशिषः ।
न मृत्युरतिगो भावः स मृत्युमधिगच्छति ॥ २१ ॥

इस प्रकार जो ज्ञानानन्दसे तृप्त होकर भय और कामनाओंसे रहित हो गया है, उसपर मृत्युका जोर नहीं चलता । वह स्वयं ही मृत्युको लाँघ जाता है ॥ २१ ॥

विमुक्तं सर्वसङ्गेभ्यो मुनिमाकाशवत् स्थितम् ।
अस्वमेकचरं शान्तं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ २२ ॥

जो सब प्रकारकी आसक्तियोंसे छूटकर मुनिवृत्तिसे [illegible] है, आकाशकी भाँति निर्लेप और स्थिर है, किसी भी वस्तुको अपनी नहीं मानता, एकाकी विचरता और शान्तभावसे रहता है, उसे देवता ब्रह्मवेत्ता मानते हैं ॥२२॥

जीवितं यस्य धर्मार्थं धर्मो हर्यर्थमेव च ।
अहोरात्राश्च पुण्यार्थं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ २३ ॥

जिसका जीवन धर्मके लिये और धर्म भगवान् श्रीहरिके लिये होता है, जिसके दिन और रात धर्म-पालनमें ही व्यतीत होते हैं, उसे देवता [illegible] मानते हैं ॥ २३ ॥

निराशिषमनारम्भं निर्नमस्कारमस्तुतिम् ।
निर्मुक्तं बन्धनैः सर्वैस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ २४ ॥

जो कामनाओंसे रहित तथा सब प्रकारके आरम्भोंसे रहित है, नमस्कार और स्तुतिसे दूर रहता तथा सब प्रकारके बन्धनोंसे मुक्त होता है, उसे ही देवता ब्रह्मज्ञानी मानते हैं ॥२४॥

सर्वाणि भूतानि सुखे रमन्ते
सर्वाणि दुःखस्य भृशं त्रसन्ते ।
तेषां भयोत्पादनजातखेदः
कुर्यान्न कर्माणि हि श्रद्दधानः ॥ २५ ॥

सम्पूर्ण प्राणी सुखमें प्रसन्न होते और दुःखसे बहुत डरते हैं; अतः प्राणियोंपर भय आता देखकर जिसे खेद होता है, उस श्रद्धालु पुरुषको भयदायक कर्म नहीं करना चाहिये ॥ २५ ॥

दानं हि भूताभयदक्षिणायाः
सर्वाणि दानान्यधितिष्ठतीह ।
तीक्ष्णां तनुं [illegible] प्रथमं जहाति
सोऽनन्त्यमाप्नोत्यभयं प्रजाभ्यः ॥ २६ ॥

इस जगत्में जीवोंको अभयकी दक्षिणा देना सब दानोंसे बढ़कर है । जो पहलेसे ही हिंसाका त्याग कर देता है, वह सब प्राणियोंसे निर्भय होकर मोक्ष प्राप्त कर लेता है ॥ २६ ॥

उत्तान आस्ये [illegible] हविर्जुहोति
लोकस्य नाभिर्जगतः प्रतिष्ठा ।
तस्याङ्गमङ्गानि कृताकृतं [illegible]
वैश्वानरः सर्वमिदं प्रपेदे ॥ २७ ॥

जो संन्यासी खोले हुए मुखमें 'प्राणाय स्वाहा' इत्यादि मन्त्रोंसे प्राणोंके लिये अन्नकी आहुति नहीं देता, अपितु प्राणों (इन्द्रिय-मन आदि) को ही आत्मामें होम देता—लीन करता है, उसका मस्तक आदि सारा अङ्गसमुदाय [illegible] किया हुआ और नहीं किया हुआ कर्मसमूह अग्निका ही अवयव हो जाता है अर्थात् वह उस अग्निका स्वरूप हो [illegible] है, जो सृष्टिके आरम्भसे ही प्राणियोंके नाभिस्थान—उदरमें जठरानलरूपमें विराजमान है तथा सम्पूर्ण जगत्का आश्रय है । उस वैश्वानर (अग्नि) ने इस सम्पूर्ण जगत्को व्याप्त कर रखा है ॥ २७ ॥

प्रादेशमात्रे हृदि निःसृतं यत्
तस्मिन् प्राणानात्मयाजी जुहोति ।
तस्याग्निहोत्रं हुतमात्मसंस्थं
सर्वेषु लोकेषु सदेवकेषु ॥ २८ ॥

आत्मयज्ञ करनेवाला ज्ञानी पुरुष नाभिसे लेकर हृदय-तकका जो प्रादेशमात्र स्थान है, उसमें प्रकट हुई जो चैतन्य-ज्योति है, उसीमें समस्त प्राणोंकी—इन्द्रिय, मन आदिकी आहुति देता है अर्थात् समस्त प्राणादिका आत्मामें लय करता है । उसका प्राणाग्निहोत्र यद्यपि अपने शरीरके भीतर ही होता है तथापि वह सर्वात्मा होनेके कारण उसके द्वारा देवताओंसहित सम्पूर्ण लोकोंमें प्राणाग्निहोत्रकर्म सम्पन्न हो जाता है; अर्थात् उसके प्राणोंकी तृप्तिसे सम्पूर्ण ब्रह्माण्डके प्राण तृप्त हो जाते हैं ॥ २८ ॥

दैवं त्रिधातुं त्रिवृतं सुपर्णं
ये विद्युरग्र्यां परमात्मतां च ।
ते सर्वलोकेषु महीयमाना
देवाः समर्त्याः सुकृतं वदन्ति ॥ २९ ॥

जो सम्पूर्ण जगत्में अपने चिन्मयस्वरूपसे प्रकाशित होता है, तीन धातु (वर्ण—अकार, उकार, मकार) अर्थात् प्रणव जिसका वाचक है, जो सत्त्व आदि तीनों गुणोंमें—त्रिगुणमयी मायामें उसके नियन्तारूपसे विद्यमान है तथा जिसके जगत्-सम्बन्धी व्यापार वृक्षके सुन्दर पत्तोंके समान विस्तारको [illegible] हुए हैं, उस अन्तर्यामी पुरुषको तथा उसकी उत्तम परब्रह्मस्वरूपताको जो जानते हैं, वे सम्पूर्ण लोकोंमें सम्मानित होते हैं और मनुष्योंसहित सम्पूर्ण देवता उनके शुभकर्मकी [illegible] करते हैं ॥ २९ ॥

वेदांश्च वेद्यं [illegible] विधिं च कृत्स्न-
मथो निरुक्तं परमार्थतां च ।
सर्वं शरीरात्मनि [illegible] प्रवेद
तस्यैव देवाः स्पृहयन्ति नित्यम् ॥ ३० ॥

सम्पूर्ण वेदशास्त्र, ज्ञेय वस्तु (आकाश आदि भूत और भौतिक जगत्), [illegible] विधि (कर्मकाण्ड), निरुक्त (शब्द-प्रमाणगम्य परलोक आदि) और परमार्थता (आत्माकी सत्यस्वरूपता)—यह सब कुछ शरीरके भीतर विद्यमान आत्मामें ही प्रतिष्ठित है । ऐसा जो जानता है, उस सर्वात्मा ज्ञानी पुरुषकी सेवाके लिये देवता भी सदा लालायित रहते हैं ॥ ३० ॥

भूमावसक्तं दिवि चाप्रमेयं
हिरण्मयं योऽण्डजमण्डमध्ये ।
पतत्रिणं पक्षिणमन्तरिक्षे
यो वेद भोग्यात्मनि रश्मिदीप्तः ॥ ३१ ॥

जो पृथ्वीपर रहकर भी उसमें आसक्त नहीं है, अनन्त आकाशमें अप्रमेयभावसे स्थित है, जो हिरण्मय (चिन्मय ज्योतिस्स्वरूप), अण्डज—ब्रह्माण्डके भीतर प्रादुर्भूत और अण्ड-पिण्डात्मक शरीरके मध्यभागमें स्थित हृदय-कमलके आसनपर, भोग्यात्मा (शरीर) के अन्तर्गत हृदयाकाशमें जीवरूपसे विराजमान है; जिसमें अनेक अङ्गदेवता छोटे-छोटे पंखोंके समान शोभा पाते हैं तथा जो मोद और प्रमोद नामक दो प्रमुख पंखोंसे शोभायमान है; उस सुवर्णमय पक्षीरूप जीवात्मा एवं ब्रह्मको जो जानता है, वह ज्ञानकी तेजोमयी किरणोंसे प्रकाशित होता है ॥ ३१ ॥

आवर्तमानमजरं विवर्तनं
षण्णाभिकं द्वादशारं सुपर्व ।
यस्येदमास्ये परियाति विश्वं
तत् कालचक्रं निहितं गुहायाम् ॥ ३२ ॥

जो निरन्तर घूमता रहता है, कभी जीर्ण या क्षीण नहीं होता, जो लोगोंकी आयुको क्षीण करता है, छः ऋतुएँ जिसकी नाभि हैं, बारह महीने जिसके अरे हैं, दर्श पौर्णमास आदि जिसके सुन्दर पर्व हैं, यह सम्पूर्ण विश्व जिसके मुँहमें भक्ष्य पदार्थके समान जाता है, वह कालचक्र बुद्धिरूपी गुहामें स्थित है (उसे जो जानता है, देवगण उसके शुभकर्म-की प्रशंसा करते हैं) ॥ ३२ ॥

यः सम्प्रसादो जगतः शरीरं
सर्वान् स लोकानधिगच्छतीह ।
तस्मिन् हितं तर्पयतीह देवां-
स्ते वै तृप्तास्तर्पयन्त्यास्यमस्य ॥ ३३ ॥

जो मनको प्रसन्नता प्रदान करता है, इस जगत्का शरीर है अर्थात् सम्पूर्ण जगत् जिसके विराट् शरीरमें विराजित है, वह परमात्मा इस जगत्में सब लोकोंको घेरे हुए स्थित है। उस परमात्मामें ध्यानद्वारा स्थापित किया हुआ मन, इस देहमें स्थित देवताओं-प्राणोंको तृप्त करता है और वे तृप्त हुए प्राण उस ज्ञानीके मुखको ज्ञानामृतसे तृप्त करते हैं ॥ ३३ ॥

तेजोमयो नित्यमयः पुराणो
लोकाननन्तानभयानुपैति ।
भूतानि यस्मान्न त्रसन्ते कदाचित्
स भूतानां न त्रसते कदाचित् ॥ ३४ ॥

जो ब्रह्मज्ञानमय तेजसे सम्पन्न और पुरातन नित्य-ब्रह्म-परायण है, वह भिक्षु अनन्त एवं निर्भय लोकोंको प्राप्त होता है। जिससे जगत्के प्राणी कभी भयभीत नहीं होते, वह भी संसारके प्राणियोंसे कभी भय नहीं पाता है ॥ ३४ ॥

अगर्हणीयो न च गर्हतेऽन्यान्
स वै विप्रः परमात्मानमीक्षेत् ।
विनीतमोहो व्यपनीतकल्मषो
न चेह नामुत्र च सोऽन्नमृच्छति ॥ ३५ ॥

जो न तो स्वयं निन्दनीय है और न दूसरोंकी निन्दा करता है, वही ब्राह्मण परमात्माका दर्शन कर सकता है। जिसके मोह और पाप दूर हो गये हैं, वह इस लोक और परलोकके भोगोंमें आसक्त नहीं होता ॥ ३५ ॥

अरोषमोहः समलोष्टकाञ्चनः
प्रहीणकोशो गतसंधिविग्रहः ।
अपेतनिन्दास्तुतिरप्रियाप्रिय-
श्चरन्नुदासीनवदेष भिक्षुकः ॥ ३६ ॥

ऐसे संन्यासीको रोष और मोह नहीं छू सकते। वह मिट्टीके ढेले और सोनेको समान समझता है। पाँच कोशोंका अभिमान त्याग देता है और संधि-विग्रह तथा निन्दा-स्तुतिसे रहित हो जाता है। उसकी दृष्टिमें न कोई प्रिय होता है न अप्रिय। वह संन्यासी उदासीनकी भाँति सर्वत्र विचरता रहता है ॥ ३६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने पञ्चचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ पैंतालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २४५ ॥

षट्चत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

परमात्माकी श्रेष्ठता, उसके दर्शनका उपाय तथा इस ज्ञानमय उपदेशके पात्रका निर्णय

व्यास उवाच

प्रकृत्यास्तु विकारा ये क्षेत्रज्ञस्तैरधिष्ठितः ।
न चैनं ते प्रजानन्ति स तु जानाति तानपि ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा! देह, इन्द्रिय और मन आदि जो प्रकृतिके विकार हैं, वे क्षेत्रज्ञ (आत्मा) के ही आधारपर स्थित रहते हैं। वे जड होनेके कारण क्षेत्रज्ञको नहीं जानते; परंतु क्षेत्रज्ञ उन सबको जानता है ॥ १ ॥

तैश्चैवं कुरुते कार्यं मनःषष्ठैरिहेन्द्रियैः ।
सुदान्तैरिव संयन्ता दृढैः परमवाजिभिः ॥ २ ॥

जैसे चतुर सारथि अपने वशमें किये हुए बलवान् और उत्तम घोड़ोंसे अच्छी तरह काम लेता है, उसी प्रकार यहाँ क्षेत्रज्ञ भी अपने वशमें किये हुए मनसहित इन्द्रियोंके द्वारा सम्पूर्ण कार्य सिद्ध करता है ॥ २ ॥

इन्द्रियेभ्यः परे ह्यर्था अर्थेभ्यः परमं मनः ।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान् परः ॥ ३ ॥

इन्द्रियोंकी अपेक्षा उनके विषय बलवान् हैं, विषयोंसे मन बलवान् है, मनसे बुद्धि बलवान् है और बुद्धिसे जीवात्मा बलवान् है ॥ ३ ॥

महतः परमव्यक्तमव्यक्तात् परतोऽमृतम् ।
अमृतान्न परं किंचित् सा काष्ठा सा परा गतिः ॥ ४ ॥

जीवात्मासे बलवान् है अव्यक्त (मूल प्रकृति) और अव्यक्तसे बलवान् और श्रेष्ठ है अमृतस्वरूप परमात्मा। उस परमात्मासे बढ़कर श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है। वही श्रेष्ठताकी चरम सीमा और परम गति है ॥ ४ ॥

एवं सर्वेषु भूतेषु गूढोऽऽत्मा न प्रकाशते ।
दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः ॥ ५ ॥

इस प्रकार सम्पूर्ण प्राणियोंके भीतर उनकी हृदय-गुफामें छिपा हुआ वह परमात्मा इन्द्रियोंद्वारा प्रकाशमें नहीं आता। सूक्ष्मदर्शी ज्ञानी महात्मा ही अपनी सूक्ष्म एवं श्रेष्ठ बुद्धिद्वारा उसका दर्शन करते हैं ॥ ५ ॥

अन्तरात्मनि संलीय मनःषष्ठानि मेधया ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थांश्च बहुचिन्त्यमचिन्तयन् ॥ ६ ॥
ध्यानेनोपरमं कृत्वा विद्यासम्पादितं मनः ।
अनीश्वरः प्रशान्तात्मा ततोऽर्च्छत्यमृतं पदम् ॥ ७ ॥

योगी बुद्धिके द्वारा मनसहित इन्द्रियों और उनके विषयोंको अन्तरात्मामें लीन करके नाना प्रकारके चिन्तनीय विषयका चिन्तन न करता हुआ जब विवेकद्वारा विशुद्ध किये हुए मनको ध्यानके द्वारा सब ओरसे पूर्णतया उपरत करके अपनेको कुछ भी करनेमें असमर्थ मान लेता है अर्थात् सर्वथा कर्तापनके अभिमानसे शून्य हो जाता है, तब उसका मन अविचल परम शान्ति-

सम्पन्न हो जाता है और वह अमृतस्वरूप परमात्माको [illegible] हो जाता है ॥ ६-७ ॥

इन्द्रियाणां [illegible] सर्वेषां वश्यात्मा चलितस्मृतिः ।
आत्मनः सम्प्रदानेन मर्त्यो मृत्युमुपाश्नुते ॥ ८ ॥

जिसका मन सम्पूर्ण इन्द्रियोंके वशमें होता है, वह मनुष्य विवेक-शक्तिको खो देता है और अपनेको काम आदि शत्रुओंके हाथोंमें सौंपकर मृत्युका कष्ट भोगता है ॥ ८ ॥

आहत्य सर्वसंकल्पान् सत्त्वे चित्तं निवेशयेत् ।
सत्त्वे चित्तं समावेश्य ततः कालंजरो भवेत् ॥ ९ ॥

अतः सब प्रकारके संकल्पोंका नाश करके चित्तको सूक्ष्म बुद्धिमें लीन करे । इस प्रकार बुद्धिमें चित्तका लय करके वह कालपर विजय पा जाता है ॥ ९ ॥

चित्तप्रसादेन यतिर्जहातीह शुभाशुभम् ।
प्रसन्नात्माऽऽत्मनि स्थित्वा सुखमत्यन्तमश्नुते॥ १० ॥

चित्तकी पूर्ण शुद्धिसे सम्पन्न हुआ यत्नशील योगी इस जगत्में शुभ और अशुभको त्याग देता है और प्रसन्नचित्त एवं आत्मनिष्ठ होकर अक्षय सुखका उपभोग करता है ।१०।

लक्षणं [illegible] प्रसादस्य यथा स्वप्ने सुखं स्वपेत् ।
निवाते वा यथा दीपो दीप्यमानो न कम्पते ॥ ११ ॥

मनुष्य नींदके समय जैसे सुखसे सोता है—सुषुप्तिके सुखका अनुभव करता है, अथवा जैसे वायुरहित स्थानमें जलता हुआ दीपक कम्पित नहीं होता, एकतार [illegible] है, उसी प्रकार मन कभी चञ्चल न हो, यही उसके प्रसादका अर्थात् परम शुद्धिका लक्षण है ॥ ११ ॥

एवं पूर्वापरे काले युञ्जन्नात्मानमात्मनि ।
लघ्वाहारो विशुद्धात्मा पश्यत्यात्मानमात्मनि ॥ १२ ॥

जो मिताहारी और शुद्धचित्त होकर रातके पहले और पिछले पहरोंमें उपर्युक्त प्रकारसे आत्माको परमात्माके ध्यानमें लगाता है, वही अपने अन्तःकरणमें परमात्माका दर्शन [illegible] है ॥ १२ ॥

रहस्यं सर्ववेदानामनैतिह्यमनागमम् ।
आत्मप्रत्ययिकं शास्त्रमिदं पुत्रानुशासनम् ॥ १३ ॥

बेटा ! मैंने जो यह उपदेश दिया है, यह परमात्माका ज्ञान करानेवाला शास्त्र है । यही सम्पूर्ण वेदोंका रहस्य है । केवल अनुमान या आगमसे इसका ज्ञान नहीं होता, अनुभवसे ही यह ठीक-ठीक समझमें आता है ॥ १३ ॥

धर्माख्यानेषु सर्वेषु सत्याख्याने च यद् वसु ।
दशेदमृक्सहस्राणि निर्मथ्यामृतमुद्धृतम् ॥ १४ ॥

धर्म और सत्यके जितने भी आख्यान हैं, उन [illegible] यह सारभूत धन है । ऋग्वेदकी दस हजार ऋचाओंका मन्थन करके यह अमृतमय सारतत्त्व निकाला गया है ॥१४॥

नवनीतं यथा दध्नः काष्ठादग्निर्यथैव च ।
तथैव विदुषां ज्ञानं पुत्र हेतोः समुद्धृतम् ॥ १५ ॥

बेटा ! मनुष्य जैसे दहीसे मक्खन निकालते हैं और काठसे आग प्रकट करते हैं, उसी प्रकार मैंने भी विद्वानोंके लिये ज्ञानजनक यह मोक्षशास्त्र शास्त्रोंको मथकर निकाला है ॥

स्नातकानामिदं शास्त्रं वाच्यं पुत्रानुशासनम् ।
तदिदं नाप्रशान्ताय नादान्तायातपस्विने ॥ १६ ॥

बेटा ! व्रतधारी स्नातकोंको ही तुम इस मोक्षशास्त्रका उपदेश करना । जिसका मन शान्त नहीं है, जिसकी इन्द्रियाँ वशमें नहीं हैं तथा जो तपस्वी नहीं है, उसे इस ज्ञानका उपदेश नहीं करना चाहिये ॥ १६ ॥

नावेदविदुषे वाच्यं तथा नानुगताय च ।
नासूयकायानृजवे न चानिर्दिष्टकारिणे ॥ १७ ॥
न तर्कशास्त्रदग्धाय तथैव पिशुनाय च ।

जो वेदका विद्वान् न हो, अनुगत भक्त न हो, दोषदृष्टिसे रहित न हो, सरल स्वभावका न हो और आज्ञाकारी न हो तथा तर्कशास्त्रकी आलोचना करते-करते जिसका हृदय दग्ध—रस-शून्य हो गया हो और जो दूसरोंकी चुगली खाता हो-ऐसे लोगोंको इस ज्ञानका उपदेश देना उचित नहीं है ॥ १७½ ॥

श्लाघिने श्लाघनीयाय प्रशान्ताय तपस्विने ॥ १८ ॥
इदं प्रियाय पुत्राय शिष्यायानुगताय च ।
रहस्यधर्मं वक्तव्यं नान्यस्मै तु कथंचन ॥ १९ ॥

जो तत्त्वज्ञानकी अभिलाषा रखनेवाला, स्पृहणीय गुणोंसे युक्त, शान्तचित्त, तपस्वी एवं अनुगत शिष्य हो अथवा इन्हीं गुणोंसे युक्त प्रिय पुत्र हो, उसीको इस गूढ रहस्यमय धर्मका उपदेश देना चाहिये; दूसरे किसीको किसी प्रकार भी नहीं ॥ १८-१९ ॥

यद्यप्यस्य महीं दद्याद् रत्नपूर्णामिमां नरः ।
इदमेव [illegible] श्रेय इति मन्येत तत्त्ववित् ॥ २० ॥

यदि कोई मनुष्य रत्नोंसे भरी हुई यह सम्पूर्ण पृथ्वी देने लगे तो भी तत्त्ववेत्ता पुरुष यही समझे कि इस सारे धनकी अपेक्षा यह ज्ञान ही श्रेष्ठ है ॥ २० ॥

अतो गुह्यतरार्थं तदध्यात्ममतिमानुषम् ।
यद् तन्महर्षिभिर्दृष्टं वेदान्तेषु च गीयते ॥ २१ ॥
तत् तेऽहं सम्प्रवक्ष्यामि यन्मां त्वं परिपृच्छसि॥ २२ ॥

बेटा ! तुम मुझसे जो प्रश्न कर रहे हो, उसके अनुसार मैं इससे भी गूढतर अर्थवाले अलौकिक अध्यात्मज्ञानका उपदेश करूँगा, जिसे महर्षियोंने प्रत्यक्ष अनुभव किया है और जिसका वेदान्तशास्त्र—उपनिषदोंमें गान किया गया है ॥ २१-२२ ॥

यच्च ते मनसि वर्तते परं
यत्र चास्ति [illegible] संशयः क्वचित् ।
श्रूयतामयमहं तवाग्रतः
पुत्र किं हि कथयामि ते पुनः ॥ २३ ॥

पुत्र ! तुम्हारे मनमें जो वस्तु सर्वश्रेष्ठ जान पड़ती हो [illegible] जिसके विषयमें तुम्हें कहीं संशय हो रहा हो, उसे पूछो और उसके उत्तरमें मैं जो कुछ तुम्हारे सामने कहूँ, उसे सुनो । बोलो, [illegible] फिर तुम्हें किस विषयका उपदेश करूँ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने षट्चत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ छियालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥२४६॥

सप्तचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

महाभूतादि तत्त्वोंका विवेचन

शुक उवाच

अध्यात्मं विस्तरेणेह पुनरेव वदस्व मे ।
यदध्यात्मं यथा वेद भगवन्नृषिसत्तम ॥ १ ॥

शुकदेवजीने कहा—भगवन् ! मुनिश्रेष्ठ ! अब पुनः मुझे अध्यात्मज्ञानका विस्तारपूर्वक उपदेश दीजिये । अध्यात्म क्या है और उसे [illegible] कैसे जानूँगा ? ॥ [illegible] ॥

व्यास उवाच

अध्यात्मं यदिदं तात पुरुषस्येह पठ्यते ।
तत् तेऽहं वर्तयिष्यामि तस्य व्याख्यामिमां शृणु ॥ २ ॥

व्यासजीने कहा—तात ! मनुष्यके लिये शास्त्रमें जो यह अध्यात्मविषयकी चर्चा की जाती है, उसका परिचय [illegible] तुम्हें दे रहा हूँ; तुम अध्यात्मकी यह व्याख्या सुनो ॥२॥

भूमिरापस्तथा ज्योतिर्वायुराकाश [illegible] च ।
महाभूतानि भूतानां सागरस्योर्मयो यथा ॥ ३ ॥

पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश—ये पाँच महाभूत सम्पूर्ण प्राणियोंके शरीरमें स्थित हैं । जैसे समुद्रकी लहरें उठती और विलीन होती रहती हैं, उसी प्रकार ये पाँचों महाभूत प्राणियोंके शरीरके रूपमें जन्मग्रहण करते और विलीन होते रहते हैं ॥ ३ ॥

प्रसार्येह यथाङ्गानि कूर्मः संहरते पुनः ।
तद्वन्महान्ति भूतानि यवीयःसु विकुर्वते ॥ [illegible] ॥

जैसे कछुआ यहाँ अपने अङ्गोंको सब ओर फैलाकर फिर समेट लेता है, इसी [illegible] ये सारे महाभूत छोटे-छोटे शरीरोंमें विकृत होते—उत्पन्न और विलीन होते रहते हैं ॥४॥

इति तन्मयमेवेदं सर्वं स्थावरजङ्गमम् ।
सर्गे च प्रलये चैव तस्मिन् निर्दिश्यते तथा ॥ ५ ॥

इस प्रकार यह समस्त स्थावर-जङ्गम जगत् पञ्चभूतमय ही है । सृष्टिकालमें पञ्चभूतोंसे [illegible] सबकी उत्पत्ति होती है और प्रलयके [illegible] उन्हींमें सबका [illegible] बताया [illegible] है ॥५॥

महाभूतानि पञ्चैव सर्वभूतेषु भूतकृत् ।
अकरोत् तात वैषम्यं यस्मिन् यदनुपश्यति ॥ ६ ॥

यद्यपि सम्पूर्ण शरीरोंमें पाँच ही भूत हैं तथापि लोगोंको उनमेंसे जिसमें जो वैषम्य दिखायी देता है, उसका [illegible] है कि सम्पूर्ण भूतोंकी सृष्टि करनेवाले ब्रह्माजीने [illegible] प्राणियोंमें उनके कर्मानुसार [illegible] न्यूनाधिकरूपमें उन भूतोंका समावेश किया है ॥ ६ ॥

शुक उवाच

अकरोद् यच्छरीरेषु कथं तदुपलक्षयेत् ।
इन्द्रियाणि गुणाः केचित् कथं तानुपलक्षयेत् ॥ [illegible] ॥

शुकदेवजीने पूछा—पिताजी ! देवता, मनुष्य, पशु और पक्षी आदिके शरीरोंमें विधाताने जो वैषम्य किया है, उसको किस प्रकार लक्ष्य किया [illegible] ! शरीरमें इन्द्रियाँ भी हैं और कुछ गुण भी हैं, उन्हें कैसे देखा जाय—उनमेंसे कौन किस महाभूतके कार्य हैं, इसकी पहचान कैसे हो ? ॥ ७ ॥

व्यास उवाच

एतत् ते वर्तयिष्यामि यथावदनुपूर्वशः ।
शृणु तत् त्वमिहैकाग्रो यथातत्त्वं यथा च तत् ॥ ८ ॥

व्यासजीने कहा—बेटा ! मैं इस विषयका [illegible] और यथावत्‌रूपसे प्रतिपादन करूँगा । यह समस्त विषय [illegible] जैसा है, वह सब तुम यहाँ एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥

शब्दः श्रोत्रं तथा खानि त्रयमाकाशसम्भवम् ।
प्राणश्चेष्टा [illegible] स्पर्श एते वायुगुणास्त्रयः ॥ ९ ॥

शब्द, श्रोत्रेन्द्रिय तथा शरीरके सम्पूर्ण छिद्र—ये तीनों वस्तुएँ आकाशसे [illegible] हुई हैं । प्राण, चेष्टा तथा स्पर्श—ये तीनों वायुके गुण (कार्य) हैं ॥ ९ ॥

रूपं चक्षुर्विपाकश्च त्रिधा ज्योतिर्विधीयते ।
रसोऽथ रसनं स्नेहो गुणास्त्वेते त्रयोऽम्भसः ॥ १० ॥

रूप, नेत्र और जठरानल—इन तीन रूपोंमें अग्निका ही कार्य प्रकट हुआ है । रस, रसना और स्नेह—ये तीनों जलके कार्य हैं ॥ १० ॥

घ्रेयं घ्राणं शरीरं च भूमेरेते गुणास्त्रयः ।
एतावानिन्द्रियग्रामो व्याख्यातः पाञ्चभौतिकः ॥ ११ ॥

गन्ध, नासिका और शरीर—ये तीनों भूमिके गुण हैं । इस प्रकार इन्द्रियसमुदायसहित यह शरीर पाञ्चभौतिक बताया गया है ॥ ११ ॥

वायोः स्पर्शो रसोऽद्भ्यश्च ज्योतिषो रूपमुच्यते ।
आकाशप्रभवः शब्दो गन्धो भूमिगुणः स्मृतः ॥ १२ ॥

स्पर्श वायुका, रस जलका और रूप तेजका गुण [illegible] जाता है एवं शब्द आकाशका और गन्ध भूमिका गुण माना गया है ॥ १२ ॥

मनो बुद्धिः स्वभावश्च त्रय एते स्वयोनिजाः ।
न गुणानतिवर्तन्ते गुणेभ्यः परमागताः ॥ १३ ॥

मन, बुद्धि और स्वभाव (अहंभाव)—ये तीनों अपने कारणभूत पूर्वसंस्कारोंसे उत्पन्न हुए हैं। ये तीनों पाञ्चभौतिक होते हुए भी भूतोंके अन्य कार्य जो श्रोत्रादि हैं, उनसे श्रेष्ठ हैं तो भी गुणोंका सर्वथा उल्लङ्घन नहीं कर पाते हैं ॥ १३ ॥

यथा कूर्म इहाङ्गानि प्रसार्य विनियच्छति ।
एवमेवेन्द्रियग्रामं बुद्धिः सृष्ट्वा नियच्छति ॥ १४ ॥

जैसे कछुआ यहाँ अपने अङ्गोंको फैलाकर फिर समेट लेता है, उसी प्रकार बुद्धि सम्पूर्ण इन्द्रियोंको विषयोंकी ओर फैलाकर फिर उन्हें वहाँसे हटा लेती है ॥ १४ ॥

यदूर्ध्वं पादतलयोरवाङ्मूर्ध्नश्च पश्यति ।
एतस्मिन्नेव कृत्ये तु वर्तते बुद्धिरुत्तमा ॥ १५ ॥

पैरोंसे ऊपर और मस्तकसे नीचे मनुष्य जो कुछ देखता है अर्थात् सम्पूर्ण शरीरको जो अहंभावसे देखना है, इस कार्यमें उत्तम बुद्धि प्रवृत्त होती है। तात्पर्य यह कि शरीरमें जो अहंभावका अनुभव है, वह बुद्धिका ही रूपान्तर है ॥ १५ ॥

गुणान् नेनीयते बुद्धिर्बुद्धिरेवेन्द्रियाण्यपि ।
मनःषष्ठानि सर्वाणि बुद्ध्यभावे कुतो गुणाः ॥ १६ ॥

बुद्धि ही शब्द आदि गुणोंको श्रोत्र आदि इन्द्रियोंके पास बार-बार ले जाती है और बुद्धि ही मनसहित सम्पूर्ण इन्द्रियोंको विषयोंके पास पुनः-पुनः खींच ले जाती है; यदि इनके साथ बुद्धि न रहे तो इन्द्रियोंद्वारा शब्द आदि विषयोंका अनुभव कैसे हो सकता है ॥ १६ ॥

इन्द्रियाणि नरे पञ्च षष्ठं तु मन उच्यते ।
सप्तमीं बुद्धिमेवाहुः क्षेत्रज्ञं पुनरष्टमम् ॥ १७ ॥

मनुष्यके शरीरमें पाँच इन्द्रियाँ हैं। छठा तत्त्व मन है। सातवाँ तत्त्व बुद्धि और आठवाँ क्षेत्रज्ञ बताया गया है ॥ १७ ॥

चक्षुरालोचनायैव संशयं कुरुते मनः ।
बुद्धिरध्यवसानाय साक्षी क्षेत्रज्ञ उच्यते ॥ १८ ॥

आँख देखनेका काम करती है, (यह उपलक्षण है। इससे सभी इन्द्रियोंके कार्यका लक्ष्य कराया गया है) मन संदेह [illegible] है और बुद्धि उसका निश्चय करती है; किंतु क्षेत्रज्ञ (आत्मा) उन सबका साक्षी कहलाता है ॥ १८ ॥

रजस्तमश्च सत्त्वं [illegible] एते स्वयोनिजाः ।
समाः सर्वेषु भूतेषु तान् गुणानुपलक्षयेत् ॥ १९ ॥

रजोगुण, तमोगुण और सत्त्वगुण—ये तीनों अपने कारणभूत मूल प्रकृतिसे प्रकट हुए हैं; ये तीनों गुण सब प्राणियोंमें समानरूपसे रहते हैं। उनकी पहचान उनके कार्योंद्वारा करे ॥

तत्र यत् प्रीतिसंयुक्तं किंचिदात्मनि लक्षयेत् ।
प्रशान्तमिव संशुद्धं सत्त्वं तदुपधारयेत् ॥ २० ॥

जब अपनेमें कुछ प्रसन्नतायुक्त विशुद्ध और शान्त-सा भाव दिखायी दे, तब यह निश्चय करे कि सत्त्वगुण प्रवृत्त हुआ है॥

यत् तु संतापसंयुक्तं काये मनसि वा भवेत् ।
प्रवृत्तं रज इत्येवं तत्र चाप्युपलक्षयेत् ॥ २१ ॥

शरीर अथवा मनमें जब कुछ संतापयुक्त भाव दृष्टिगोचर हो, तब वहाँ यह समझ लेना चाहिये कि रजोगुणकी प्रवृत्ति हो रही है ॥ २१ ॥

यत् [illegible] सम्मोहसंयुक्तमव्यक्तविषयं भवेत् ।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं तमस्तदुपधार्यताम् ॥ २२ ॥

जब मोहयुक्त भाव मनपर छा जाय, किसी भी विषयमें कोई बात स्पष्ट न जान पड़े, जब तर्क भी काम न दे और किसी तरह कोई बात समझमें न आवे, तब समझना चाहिये कि तमोगुण प्रवृत्त हुआ है ॥ २२ ॥

प्रहर्षः प्रीतिरानन्दः साम्यं स्वस्थात्मचित्तता ।
अकस्माद् यदि वा कस्माद् वर्तन्ते सात्त्विका गुणाः॥२३॥

जब अतिशय हर्ष, प्रेम, आनन्द, [illegible] और स्वस्थचित्तता—ये सद्गुण अकस्मात् या किसी कारणवश विकसित हों, तब समझना चाहिये कि ये सात्त्विक गुण हैं ॥ २३ ॥

अभिमानो मृषावादो लोभो मोहस्तथाक्षमा ।
लिङ्गानि रजसस्तानि वर्तन्ते हेत्वहेतुतः ॥ २४ ॥

अभिमान, असत्यभाषण, लोभ, मोह और असहनशीलता—ये दोष चाहे किसी कारणसे प्रकट हुए हों अथवा बिना कारणके हर एक परिस्थितिमें रजोगुणके ही चिह्न माने गये हैं ।२४

[illegible] मोहः प्रमादश्च निद्रा तन्द्राप्रबोधिता ।
कथंचिदभिवर्तन्ते विज्ञेयास्तामसा गुणाः ॥ २५ ॥

इसी प्रकार मोह, [illegible] निद्रा, तन्द्रा और अज्ञान किसी कारणसे हो जायँ, उन्हें तमोगुणका कार्य जानना चाहिये॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने सप्तचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ सैंतालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २४७ ॥

अष्टचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

बुद्धिकी श्रेष्ठता और प्रकृति-पुरुष-विवेक

व्यास उवाच

मनो विसृजते भावं बुद्धिरध्यवसायिनी ।
हृदयं प्रियाप्रिये वेद त्रिविधा कर्मचोदना ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—पुत्र ! कर्म करनेमें तीन प्रकारसे प्रेरणा प्राप्त होती है । पहले तो मन संकल्पमात्रसे नाना प्रकारके भावकी सृष्टि करता है, बुद्धि उसका निश्चय करती है। तत्पश्चात् हृदय उनकी अनुकूलता और प्रतिकूलताका अनुभव करता है। (इसके बाद कर्ममें प्रवृत्ति होती है)॥

इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यः परमं [illegible] ।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा परो मतः ॥ [illegible] ॥

इन्द्रियोंसे उनके विषय बलवान् हैं (क्योंकि वे बलात् इन्द्रियोंको अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं), उन विषयोंसे मन बलवान् है (क्योंकि वह इन्द्रियोंको उनसे हटानेमें समर्थ है)। मनसे बुद्धि बलवान् है (क्योंकि वह मनको वशमें रख सकती है) और बुद्धिसे आत्मा बलवान् माना गया है (क्योंकि वह बुद्धिको भी बनाकर स्वाधीन कर लेता है) ॥ २ ॥

बुद्धिरात्मा मनुष्यस्य बुद्धिरेवात्मनाऽऽत्मनि।
यदा विकुरुते भावं तदा भवति सा मनः ॥ ३ ॥

बुद्धि प्राणियोंकी समस्त इन्द्रियोंकी अधिष्ठात्री है, इसलिये वह जीवात्माके समान ही उनकी आत्मा मानी गयी है। बुद्धि ही जब अपने भीतर अब भिन्न भिन्न विषयोंको ग्रहण करनेके लिये विकृत हो नाना प्रकारके रूप धारण करती है, तब वही मन बन जाती है ॥ ३ ॥

इन्द्रियाणां पृथग्भावाद् बुद्धिर्विक्रियते ह्यणु।
शृण्वती भवति श्रोत्रं स्पृशती स्पर्श उच्यते ॥ ४ ॥

इन्द्रियाँ पृथक्-पृथक् हैं, इसलिये उनकी क्रियाएँ भी पृथक्-पृथक् हैं। अतः उन्हींके लिये बुद्धि नाना प्रकारके रूप धारण करती है। वही जब सुनती है तो श्रोत्र कहलाती है और स्पर्श करते समय स्पर्शेन्द्रिय (त्वचा) के नामसे पुकारी जाती है ॥ ४ ॥

पश्यती भवते दृष्टी रसती रसनं भवेत्।
जिघ्रती भवति घ्राणं बुद्धिर्विक्रियते पृथक् ॥ ५ ॥

वही देखते समय दृष्टि और रसास्वादनके समय रसना हो जाती है। जब वह गन्धको ग्रहण करती है, तब वही घ्राणेन्द्रिय कहलाती है। इस प्रकार बुद्धि ही पृथक्-पृथक् विकृत होती है ॥ ५ ॥

इन्द्रियाणि तु तान्याहुस्तेष्वदृश्योऽधितिष्ठति।
तिष्ठती पुरुषे बुद्धिस्त्रिषु भावेषु वर्तते ॥ ६ ॥

बुद्धिके इन विकारोंको ही इन्द्रियाँ कहते हैं। अदृश्य जीवात्मा उन सबमें अधिष्ठित है। बुद्धि उस जीवात्मामें ही स्थित हो सात्त्विक आदि तीनों भावोंमें रहती है ॥ ६ ॥

कदाचिल्लभते प्रीतिं कदाचिदपि शोचति।
न सुखेन न दुःखेन कदाचिदिह युज्यते ॥ ७ ॥

इसी हेतुसे वह कभी प्रेम और प्रसन्नता लाभ करती है (यह उसका सात्त्विक भाव है)। कभी शोकमें डूबती है (यह उसका राजस भाव है)। और कभी न तो सुखसे युक्त होती है एवं न दुःखसे ही; उसपर मोह छाया रहता है (यही उसका तामस भाव है) ॥ ७ ॥

सेयं भावात्मिका भावांस्त्रीनेतानतिवर्तते।
सरितां सागरो भर्ता महावेलामिवोर्मिमान् ॥ ८ ॥

जैसे उत्ताल तरङ्गोंसे युक्त सरिताओंका स्वामी समुद्र कभी-कभी अपनी विशाल तटभूमिको भी लाँघ जाता है, उसी प्रकार यह भावात्मिका बुद्धि चित्तवृत्तियोंके निरोधरूप योगमें स्थित होनेपर इन तीनों भावोंको लाँघ जाती है ॥ ८ ॥

यदा प्रार्थयते किंचित् तदा भवति सा मनः।
अधिष्ठानानि वै बुद्ध्या पृथगेतानि संस्मरेत्।
इन्द्रियाण्येव मेध्यानि विजेतव्यानि कृत्स्नशः ॥ ९ ॥

मनुष्य जब किसी वस्तुकी इच्छा करता है, तब उसकी बुद्धि मनके रूपमें परिणत हो जाती है। ये जो एक दूसरेसे पृथक्-पृथक् इन्द्रियोंके भाव हैं, इन्हें बुद्धिके ही अन्तर्गत समझना चाहिये। 'मेधा' कहते हैं रूप आदिके ज्ञानको, उसमें हितकर या सहायक होनेके कारण इन्द्रियाँ 'मेध्य' कही गयी हैं। योगीको सम्पूर्ण इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त करनी चाहिये ॥ ९ ॥

सर्वाण्येवानुपूर्व्येण यद् यदानुविधीयते।
अविभागगता बुद्धिर्भावे मनसि वर्तते ॥ १० ॥

बुद्धि सम्पूर्ण इन्द्रियोंमेंसे जब जिस इन्द्रियके साथ हो जाती है, उस समय पहले अलग न होनेपर भी वह बुद्धि संकल्पात्मक मन एवं घटादि पदार्थोंमें उपस्थित होती है अर्थात् बुद्धिसे अनुगृहीत होनेपर ही कोई भी इन्द्रिय संकल्पजनित घट-पटादिको क्रमशः ग्रहण करती है ॥ १० ॥

ये चैव भावा वर्तन्ते सर्व एष्वेव ते त्रिषु।
अन्वर्थाः सम्प्रवर्तन्ते रथनेमिमरा इव ॥ ११ ॥

जगत्में जो भी भाव हैं, वे सब-के-सब सात्त्विक, राजस और तामस—इन तीनों भावोंके ही अन्तर्गत हैं। जैसे अरे रथकी नेमिसे जुड़े होते हैं, उसी प्रकार सभी भाव सात्त्विक आदि गुणोंके अनुगामी हैं ॥ ११ ॥

प्रदीपार्थं मनः कुर्यादिन्द्रियैर्बुद्धिसत्तमैः।
निश्चरद्भिर्यथायोगमुदासीनैर्यदृच्छया ॥ १२ ॥

बुद्धिरूप अधिष्ठानमें स्थित हुई उदासीनभावसे स्वभावके अनुसार यथासम्भव विषयोंकी ओर जानेवाली इन्द्रियोंद्वारा मन दीपकका कार्य करता है अर्थात् जैसे दीपक अपनी प्रभाद्वारा घटादि वस्तुओंको प्रकाशित करता है, उसी प्रकार मन नेत्र आदि इन्द्रियोंद्वारा घट-पट आदि वस्तुओंका दर्शन एवं ग्रहण कराता है ॥ १२ ॥

एवं स्वभावमेवेदमिति विद्वान् न मुह्यति।
अशोचन्नप्रहृष्यन् हि नित्यं विगतमत्सरः ॥ १३ ॥

इस जगत्का ऐसा ही परिवर्तनस्वभाव है, ऐसा जाननेवाला ज्ञानी पुरुष कभी मोहमें नहीं पड़ता, हर्ष और शोक नहीं करता तथा ईर्ष्या-द्वेष आदिसे रहित रहता है ॥ १३ ॥

न ह्यात्मा शक्यते द्रष्टुमिन्द्रियैः कामगोचरैः।
प्रवर्तमानैरजयैर्दुष्करैरकृतात्मभिः ॥ १४ ॥

जो दुष्कर्मपरायण और अशुद्ध अन्तःकरणवाले हैं, वे अज्ञानी पुरुष अन्यायपूर्वक मनोवाञ्छित विषयोंमें विचरनेवाली इन्द्रियोंद्वारा आत्माका दर्शन नहीं कर सकते ॥ १४ ॥

तेषां तु मनसा रश्मीन् यदा सम्यङ्नियच्छति।
तदा प्रकाशतेऽस्यात्मा दीपदीप्ता यथाऽऽकृतिः ॥ १५ ॥

परंतु जब मनुष्य अपने मनके द्वारा इन्द्रियरूपी अश्वोंकी बागडोरको सदा पकड़े रहकर उन्हें अच्छी तरह काबूमें कर लेता है, तब उसे ज्ञानके प्रकाशमें आत्माका दर्शन उसी प्रकार होता है जिस प्रकार दीपकके प्रकाशमें किसी वस्तुकी आकृति स्पष्ट दिखायी देती है ॥ १५ ॥

सर्वेषामेव भूतानां तमस्यपगते यथा।
प्रकाशं भवते सर्वं तथेदमुपधार्यताम् ॥ १६ ॥

जैसे अन्धकार दूर हो जानेपर सभी प्राणियोंके सामने प्रकाश छा जाता है, उसी प्रकार यह निश्चितरूपसे समझ लो कि अज्ञानका नाश होनेपर ही ज्ञानस्वरूप आत्माका [illegible]त्कार होता है ॥ १६ ॥

यथा वारिचरः पक्षी न लिप्यति जले चरन्।
विमुक्तात्मा तथा योगी गुणदोषैर्न लिप्यते ॥ १७ ॥

जैसे जलचर पक्षी जलमें विचरता हुआ भी उससे लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार मुक्तात्मा योगी संसारमें रहकर भी उसके गुण और दोषोंसे लिपायमान नहीं होता ॥ १७ ॥

एवमेव कृतप्रज्ञो न दोषैर्विषयांश्चरन्।
असज्जमानः सर्वेषु कथंचन न लिप्यते ॥ १८ ॥

इसी प्रकार जिसकी बुद्धि [illegible] है, वह स्त्री, पुत्र आदि सम्बन्धियोंमें आसक्त न होनेके कारण विषयोंका सेवन [illegible] हुआ भी किसी प्रकार उनके दोषोंसे लिप्त नहीं होता है ॥१८॥

[illegible] पूर्वकृतं कर्म रतिर्यस्य सदाऽऽत्मनि।
सर्वभूतात्मभूतस्य गुणधर्मेष्वसज्जतः ॥ १९ ॥

जो अपने पूर्वकृत कर्मोंके संस्कारोंका त्याग करके सदा परमात्मामें ही अनुराग रखता है, वह सम्पूर्ण प्राणियोंका आत्मा हो जाता है और विषयोंमें कभी आसक्त नहीं होता ॥

सत्त्वमात्मा प्रसरति गुणान् वापि कदाचन।
न गुणा विदुरात्मानं गुणान् वेद स सर्वदा ॥ २० ॥
परिद्रष्टा गुणानां च परिस्रष्टा यथातथम्।
सत्त्वक्षेत्रज्ञयोरेतदन्तरं विद्धि सूक्ष्मयोः ॥ २१ ॥

जीवात्मा कभी बुद्धिकी ओर झुकता है और कभी गुणोंकी ओर। गुण आत्माको नहीं जानते, किंतु आत्मा गुणोंको सदा जानता रहता है, क्योंकि वह गुणोंका द्रष्टा और यथावत्‌रूपसे स्रष्टा भी है। यद्यपि बुद्धि और क्षेत्रज्ञ दोनों ही सूक्ष्म वस्तु हैं, किंतु उन दोनोंमें यही अन्तर समझो कि बुद्धि दृश्य है और आत्मा [illegible] है ॥ २०-२१ ॥

सृजतेऽत्र गुणानेक एको न सृजते गुणान्।
पृथग्भूतौ प्रकृत्या तौ सम्प्रयुक्तौ च सर्वदा ॥ २२ ॥

इन दोनोंमेंसे एक (बुद्धि) तो गुणोंकी सृष्टि करती है और दूसरा (आत्मा) गुणोंकी सृष्टि नहीं करता है। वे दोनों स्वरूपतः एक दूसरेसे पृथक् हैं; परंतु सदा संयुक्त रहते हैं ॥

यथा मत्स्योऽद्भिरन्यः स्यात् सम्प्रयुक्तौ तथैव तौ।
मशकोदुम्बरौ वापि सम्प्रयुक्तौ यथा सह ॥ २३ ॥

जैसे मछली जलसे भिन्न है, फिर भी वे एक दूसरेसे संयुक्त रहते हैं। जैसे गूलर और उसके कीड़े एक दूसरेसे पृथक् हैं तथापि परस्पर संयुक्त रहते हैं। उसी प्रकार बुद्धि और क्षेत्रज्ञको भी समझना चाहिये ॥ २३ ॥

इषीका वा यथा मुञ्जे पृथक् च सह चैव च।
तथैव सहितावेतावन्योन्यस्मिन् प्रतिष्ठितौ ॥ २४ ॥

जैसे मूँजमें जो सींक है, वह उससे पृथक् है तो भी वे दोनों साथ ही रहते हैं, उसी प्रकार बुद्धि और क्षेत्रज्ञ सर्वथा एक दूसरेसे पृथक् होते हुए भी दोनों साथ-साथ और एक दूसरेके आश्रित रहते हैं ॥ २४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने अष्टचत्वारिंशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ अड़तालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २४८ ॥

एकोनपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

ज्ञानके साधन तथा ज्ञानीके लक्षण और महिमा

व्यास उवाच

सृजते तु गुणान् सत्त्वं क्षेत्रज्ञस्त्वधितिष्ठति।
गुणान् विक्रियतः सर्वानुदासीनवदीश्वरः ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—पुत्र! प्रकृति ही गुणोंकी सृष्टि करती है। क्षेत्रज्ञ—आत्मा तो उदासीनकी भाँति उन सम्पूर्ण विकारशील गुणोंको देखा करता है। वह स्वाधीन एवं उनका अधिष्ठाता है ॥ १ ॥

स्वभावयुक्तं तत् सर्वं यदिमान् सृजते गुणान्।
ऊर्णनाभिर्यथा सूत्रं सृजते तद्गुणांस्तथा ॥ २ ॥

जैसे मकड़ी अपने शरीरसे तन्तुओंकी सृष्टि करती है, उसी प्रकार प्रकृति भी समस्त त्रिगुणात्मक पदार्थोंको उत्पन्न करती है। प्रकृति जो इन [illegible] विषयोंकी सृष्टि करती है, वह सब उसके स्वभावसे ही होता है ॥ २ ॥

प्रध्वस्ता न निवर्तन्ते प्रवृत्तिर्नोपलभ्यते।
एवमेके व्यवस्यन्ति निवृत्तिरिति चापरे ॥ ३ ॥

किन्हींका मत है कि तत्त्वज्ञानसे जब गुणोंका नाश कर दिया जाता है, तब भी वे सर्वथा नष्ट नहीं होते; किंतु तत्त्वज्ञके लिये उनकी उपलब्धि नहीं होती अर्थात् उनसे उनके सम्बन्ध नहीं रहता। दूसरे लोग मानते हैं कि उनकी सर्वथा निवृत्ति हो जाती है अर्थात् उनका अस्तित्व नहीं रहता ॥

उभयं सम्प्रधार्यैतद्व्यवस्येद् यथामति।
अनेनैव विधानेन भवेद् गर्भशयो महान् ॥ ४ ॥

इन दोनों मतोंपर अपनी बुद्धिके अनुसार विचार करके सिद्धान्तका निश्चय करे। इस प्रकार निश्चय करनेसे (बार-बार) गर्भमें [illegible] करनेवाला जीव महान् हो जाता है ॥ ४ ॥

अनादिनिधनो ह्यात्मा तं बुद्ध्वा विचरेन्नरः।
अक्रुध्यन्नप्रहृष्यंश्च नित्यं विगतमत्सरः ॥ ५ ॥

आत्मा आदि और अन्तसे रहित है। उसे जानकर मनुष्य सदा हर्ष, क्रोध और ईर्ष्या-द्वेषसे रहित हो विचरता रहे॥

इत्येवं हृदयग्रन्थिं बुद्धिचिन्तामयं दृढम्।
अनित्यं सुखमासीत अशोचंश्छिन्नसंशयः ॥ ६ ॥

साधकको चाहिये कि बुद्धिके चिन्ता आदि धर्मोंसे सुदृढ़ हुई हृदयकी अविद्यामयी अनित्य ग्रन्थिको उपर्युक्त प्रकारसे काटकर शोक और संदेहसे रहित हो सुखपूर्वक परमात्मस्वरूपमें स्थित हो जाय ॥ ६ ॥

तास्येयुः प्रच्युताः पृथ्व्या यथा पूर्णां नदीं नराः।
[illegible] ह्यविद्वांसो विद्धि लोकमिमं तथा ॥ ७ ॥

जैसे तैरनेकी कला न जाननेवाले मनुष्य यदि किनारेकी भूमिसे जलपूर्ण नदीमें गिर पड़ते हैं तो गोते खाते हुए महान् क्लेश सहन करते हैं; उसी प्रकार अज्ञानी मनुष्य इस संसार-सागरमें डूबकर [illegible] भोगते रहते हैं—ऐसा समझो ॥ ७ ॥

न तु ताम्यति वै विद्वान् स्थले चरति तत्त्ववित्।
एवं यो विन्दतेऽऽत्मानं केवलं ज्ञानमात्मनः ॥ ८ ॥

परंतु जो तैरना जानता है, वह कष्ट नहीं उठाता। [illegible] तो जलमें भी स्थलकी ही भाँति [illegible] है, उसी [illegible] [illegible] विशुद्ध आत्माको प्राप्त हुआ तत्त्ववेत्ता संसार-सागरसे पार हो जाता है ॥ ८ ॥

एवं बुद्ध्वा नरः सर्वं भूतानामागतिं गतिम्।
समवेक्ष्य [illegible] वैषम्यं लभते शममुत्तमम् ॥ ९ ॥

जो मनुष्य इस प्रकार सम्पूर्ण प्राणियोंके आवागमनको जानता तथा उनकी विषम अवस्थापर विचार करता है, उसे परम उत्तम शान्ति प्राप्त होती [illegible] ॥ ९ ॥

एतद् वै जन्मसामर्थ्यं ब्राह्मणस्य विशेषतः।
आत्मज्ञानं शमश्चैव पर्याप्तं तत्परायणम् ॥ १० ॥

विशेषरूपसे ब्राह्मणमें और समानभावसे मनुष्यमात्रमें इस ज्ञानको [illegible] करनेकी जन्मसिद्ध शक्ति है। मन और इन्द्रियोंका संयम तथा आत्मज्ञान मोक्ष-प्राप्तिके लिये पर्याप्त साधन है ॥ १० ॥

एतद् बुद्ध्वा भवेद् बुद्धः किमन्यद् बुद्धलक्षणम्।
विज्ञायैतद् विमुच्यन्ते कृतकृत्या मनीषिणः ॥ ११ ॥

[illegible] और आत्मतत्त्वको जानकर पुरुष अत्यन्त शुद्ध-[illegible] हो जाता है। ज्ञानीका इसके सिवा और क्या लक्षण हो सकता है। बुद्धिमान् मनुष्य इस आत्मतत्त्वको जानकर कृतार्थ और मुक्त हो जाते हैं ॥ ११ ॥

[illegible] भवति विदुषां महद्भयं
यदविदुषां सुमहद्भयं परत्र।
न हि गतिरधिकास्ति कस्यचिद्
भवति हि या विदुषः सनातनी ॥ १२ ॥

परलोकमें जो अज्ञानी मनुष्योंको महान् भय प्राप्त होता है, वह महान् भय ज्ञानी पुरुषोंको नहीं होता। ज्ञानीको जो सनातन गति प्राप्त होती है, उससे बढ़कर उत्तम गति और किसीको भी प्राप्त नहीं होती ॥ १२ ॥

लोकमातुरमसूयते जन-
स्तत् तदेव च निरीक्ष्य शोचते।
तत्र पश्य कुशलानशोचतो
ये विदुस्तदुभयं कृताकृतम् ॥ १३ ॥

[illegible] लोग मनुष्योंको दुखी और रोगी देखकर उनमें दोष-दृष्टि करते हैं और दूसरे लोग उनकी वह [illegible] देखकर शोक करते हैं। परंतु जो कार्य और कारण दोनोंको तत्त्वसे जानते हैं, वे शोक नहीं करते। तुम उन्हीं लोगोंको वहाँ कुशल समझो ॥ १३ ॥

यत् करोत्यनभिसंधिपूर्वकं
तच्च निर्णुदति तत् पुराकृतम्।
[illegible] प्रियं तदुभयं [illegible] चाप्रियं
[illegible] तज्जनयतीह कुर्वतः [illegible] १४ ॥

कर्मपरायण मनुष्य निष्कामभावसे जिस कर्मका अनुष्ठान करते हैं, वह पहलेके किये हुए सकाम या अशुभ कर्मोंको भी नष्ट कर देता है; इस प्रकार कर्म करनेवाले साधकके कर्म इस लोकमें या परलोकमें कहीं भी उसका भला-बुरा या दोनों कुछ भी नहीं कर सकते ॥ १४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने एकोनपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २४९ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ उनचासवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २४९ ॥

पञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

परमात्माकी प्राप्तिका साधन, संसार-नदीका वर्णन और ज्ञानसे ब्रह्मकी प्राप्ति

शुक उवाच

यस्माद् धर्मात् परो धर्मो विद्यते नेह कश्चन।
यो विशिष्टश्च धर्मेभ्यस्तं भवान् प्रब्रवीतु मे ॥ [illegible] ॥

शुकदेवजीने पूछा—पिताजी! इस जगत्में जिस धर्मसे [illegible] दूसरा कोई धर्म नहीं है तथा जो सब धर्मोंसे श्रेष्ठ है, उसका आप मुझसे वर्णन कीजिये ॥ १ ॥

व्यास उवाच

धर्मं ते सम्प्रवक्ष्यामि पुराणमृषिभिः कृतम्।
विशिष्टं सर्वधर्मेभ्यस्तमिहैकमनाः शृणु ॥ २ ॥

व्यासजीने कहा—बेटा! [illegible] ऋषियोंके बताये हुए

उस प्राचीन धर्मका, जो सब धर्मोंसे श्रेष्ठ है, तुमसे यहाँ वर्णन करता हूँ, एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥ २ ॥

इन्द्रियाणि प्रमाथीनि बुद्ध्या संयम्य यत्नतः ।
सर्वतो निष्पतिष्णूनि पिता बालानिवात्मजान् ॥ ३ ॥

जैसे पिता अपने छोटे पुत्रोंको काबूमें रखता है, उसी प्रकार मनुष्यको चाहिये कि वह सब विषयोंपर टूट पड़नेवाली अपनी प्रमथनशील इन्द्रियोंका बुद्धिके द्वारा यत्नपूर्वक संयम करके उन्हें वशमें रखे ॥ ३ ॥

मनसश्चेन्द्रियाणां चाप्यैकाग्र्यं परमं तपः ।
तज्ज्यायः सर्वधर्मेभ्यः स धर्मः पर उच्यते ॥ ४ ॥

मन और इन्द्रियोंकी एकाग्रता ही सबसे बड़ी तपस्या है। यही सब धर्मोंसे श्रेष्ठतम परम धर्म बताया जाता है ॥४॥

तानि सर्वाणि संधाय मनःषष्ठानि मेधया ।
आत्मतृप्त इवासीत बहुचिन्त्यमचिन्तयन् ॥ ५ ॥

मनसहित सम्पूर्ण इन्द्रियोंको बुद्धिके द्वारा स्थिर करके बहुत-से चिन्तनीय विषयोंका चिन्तन न करते हुए अपनी आत्मामें तृप्त-सा होकर निश्चिन्त और निश्चल हो जाय ॥५॥

गोचरेभ्यो निवृत्तानि यदा स्थास्यन्ति वेश्मनि ।
तदा त्वमात्मनाऽऽत्मानं परं द्रक्ष्यसि शाश्वतम् ॥ ६ ॥

जिस समय ये इन्द्रियाँ अपने विषयोंसे हटकर अपने निवासस्थानमें स्थित हो जायँगी, उस समय तुम अपने ही उस सनातन परमात्माका दर्शन कर लोगे ॥ ६ ॥

सर्वात्मानं महात्मानं विधूममिव पावकम् ।
तं पश्यन्ति महात्मानो ब्राह्मणा ये मनीषिणः ॥ ७ ॥

धूमरहित अग्निके समान देदीप्यमान वह परमेश्वर ही सबका आत्मा और परम महान् है। महात्मा एवं ज्ञानी ब्राह्मण ही उसे देख पाते हैं ॥ ७ ॥

यथा पुष्पफलोपेतो बहुशाखो महाद्रुमः ।
आत्मनो नाभिजानीते क्व मे पुष्पं क्व मे फलम् ॥ ८ ॥
एवमात्मा न जानीते क्व गमिष्ये कुतस्त्वहम् ।
अन्यो ह्यत्रान्तरात्मास्ति यः सर्वमनुपश्यति ॥ ९ ॥

जैसे फल और फूलोंसे भरा हुआ अनेक शाखाओंसे युक्त विशाल वृक्ष अपने ही विषयमें यह नहीं जानता कि कहाँ मेरा फूल है और कहाँ मेरा फल है; उसी प्रकार जीवात्मा यह नहीं जानता कि मैं कहाँसे आया हूँ और कहाँ जाऊँगा। किंतु शरीरमें जीवसे पृथक् दूसरा ही अन्तरात्मा है, जो सबको सब प्रकारसे निरन्तर देखता रहता है ॥ ८-९ ॥

ज्ञानदीपेन दीप्तेन पश्यत्यात्मानमात्मनि ।
दृष्ट्वा त्वमात्मनाऽऽत्मानं निरात्मा भव सर्ववित् ॥ १० ॥

पुरुष प्रज्वलित ज्ञानमय प्रदीपके द्वारा अपनेमें ही परमात्माका दर्शन करता है; इसी प्रकार तुम भी आत्माद्वारा परमात्माका साक्षात्कार करके सर्वज्ञ और स्वाभिमानसे रहित हो जाओ ॥ १० ॥

विमुक्तः सर्वपापेभ्यो मुक्तत्वच इवोरगः ।
परां बुद्धिमवाप्येह विपाप्मा विगतज्वरः ॥ ११ ॥

केंचुल छोड़कर निकले हुए सर्पके समान सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त हो उत्तम बुद्धि पाकर तुम यहाँ पाप और चिन्तासे रहित हो जाओ ॥ ११ ॥

सर्वतःस्रोतसं घोरां नदीं लोकप्रवाहिनीम् ।
पञ्चेन्द्रियग्राहवतीं मनःसंकल्परोधसम् ॥ १२ ॥
लोभमोहतृणच्छन्नां कामक्रोधसरीसृपाम् ।
सत्यतीर्थानृतक्षोभां क्रोधपङ्कां सरिद्वराम् ॥ १३ ॥
अव्यक्तप्रभवां शीघ्रां दुस्तरामकृतात्मभिः ।
प्रतरस्व नदीं बुद्ध्या कामग्राहसमाकुलाम् ॥ १४ ॥
संसारसागरगमां योनिपातालदुस्तराम् ।
आत्मकर्मोद्भवां तात जिह्वावर्तां दुरासदाम् ॥ १५ ॥

यह संसार एक भयंकर नदी है, जो सम्पूर्ण लोकमें प्रवाहित हो रही है। इसके स्रोत सम्पूर्ण दिशाओंकी ओर बहते हैं। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इसके भीतर पाँच ग्राहोंके समान हैं। मनके संकल्प ही इसके किनारे हैं। लोभ और मोहरूपी घास और सेवारसे यह ढकी हुई है। काम और क्रोध इसमें सर्पके समान निवास करते हैं। सत्य इसका तीर्थ है। मिथ्या इसकी हलचल है। क्रोध ही कीचड़ है। यह नदी दूसरी नदियोंसे श्रेष्ठ है। यह अव्यक्त प्रकृतिरूपी पर्वतसे प्रकट हुई है। इसके जलका वेग बड़ा प्रखर है। अजितात्मा पुरुषोंके लिये इसे पार करना अत्यन्त कठिन है। इसमें कामरूप ग्राह सब ओर भरे हैं। यह नदी संसार-सागरमें मिली है। वासनारूपी गहरे गड्ढोंके कारण इसे पार करना अत्यन्त कठिन है। तात! यह अपने कर्मोंसे ही उत्पन्न हुई है। जिह्वा भँवर है तथा इस नदीको लाँघना दुष्कर है। तुम अपनी विशुद्ध बुद्धिके द्वारा इस नदीको पार कर जाओ ॥ १२-१५ ॥

यां तरन्ति कृतप्रज्ञा धृतिमन्तो मनीषिणः ।
तां तीर्णः सर्वतो मुक्तो विधूतात्माऽऽत्मविच्छुचिः ॥ १६ ॥
उत्तमां बुद्धिमास्थाय ब्रह्मभूयान् भविष्यसि ।
संतीर्णः सर्वसंसारात् प्रसन्नात्मा विकल्मषः ॥ १७ ॥

धैर्यशाली, मनीषी और तत्त्वज्ञानी लोग जिस नदीको पार करते हैं, उसे तुम भी तैर जाओ। सब प्रकारके बन्धनोंसे मुक्त, संयतचित्त, आत्मज्ञ और पवित्र हो जाओ। उत्तम बुद्धि (ज्ञान) का आश्रय ले तुम सब प्रकारके सांसारिक बन्धनोंसे छूट जाओगे और निष्पाप एवं प्रसन्नचित्त हो ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाओगे ॥ १६-१७ ॥

भूमिष्ठानीव भूतानि पर्वतस्थो निशामय ।
अक्रुध्यन्नप्रहृष्यंश्च न नृशंसमतिस्तथा ॥ १८ ॥

जैसे पर्वतके शिखरपर खड़ा हुआ पुरुष धरतीपर रहनेवाले समस्त प्राणियोंको सुस्पष्ट देखता है, उसी प्रकार तुम भी ज्ञानरूपी शैलशिखरपर आरूढ़ हो समस्त प्राणियोंकी अवस्थापर दृष्टिपात करो। क्रोध और हर्षसे रहित हो जाओ तथा बुद्धिकी क्रूरतासे भी रहित हो जाओ ॥ १८ ॥

ततो द्रक्ष्यसि सर्वेषां भूतानां प्रभवाप्ययौ।
एवं वै सर्वभूतेभ्यो विशिष्टं मेनिरे बुधाः।
धर्मं धर्मभृतां श्रेष्ठा मुनयस्तत्त्वदर्शिनः ॥ १९ ॥

ऐसा करनेसे तुम [illegible] भूतोंके उत्पत्ति और प्रलयको देख सकोगे। धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ तत्त्वदर्शी ज्ञानी मुनि इस धर्मको समस्त प्राणियोंके लिये सबसे श्रेष्ठ मानते हैं ॥ १९ ॥

आत्मनो व्यापिनो ज्ञानमिदं पुत्रानुशासनम्।
[illegible] प्रवक्तव्यं हितायानुगताय च ॥ २० ॥

बेटा! यह उपदेश व्यापक आत्माका ज्ञान करानेवाला है। जो संयतचित्त, हितैषी और अनुगत भक्त हो, उसीके समक्ष इसका वर्णन करना चाहिये ॥ २० ॥

आत्मज्ञानमिदं गुह्यं सर्वगुह्यतमं महत्।
अबुधं यदहं तात आत्मसाक्षिकमञ्जसा ॥ २१ ॥

यह गोपनीय आत्मज्ञान सबसे अधिक गुह्यतम और महान् है। [illegible]! मैंने जिसका उपदेश किया है, वह यथार्थतः मेरे अपने प्रत्यक्ष अनुभवमें आया हुआ [illegible] है ॥ २१ ॥

नैव स्त्री न पुमानेतन्नैव चेदं नपुंसकम्।
अदुःखमसुखं [illegible] भूतभव्यभवात्मकम् ॥ २२ ॥

दुःख और सुखसे रहित तथा भूत, भविष्य एवं वर्तमानस्वरूप [illegible] सो न स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है ॥

नैतज्ज्ञात्वा पुमान् स्त्री [illegible] पुनर्भवमवाप्नुते।
अभवप्रतिपत्त्यर्थमेतद् धर्मं विधीयते ॥ २३ ॥

पुरुष हो या स्त्री, इस ब्रह्मको जान ले तो [illegible] पुनः इस संसारमें जन्म नहीं होता। अपुनर्भवस्थिति [illegible]नेके लिये ही इस ब्रह्मज्ञानरूप धर्मका विधान किया गया है ॥ २३ ॥

[illegible] मतानि सर्वाणि तथैतानि यथा तथा।
कथितानि मया पुत्र भवन्ति न भवन्ति च ॥ २४ ॥

बेटा! सारे विभिन्न [illegible] जैसे रहे हैं, वैसे ही मेरेद्वारा तुम्हारे समक्ष यथार्थरूपसे बताये गये हैं। जो इन मतोंका अनुसरण करते हैं; वे मुक्त हो जाते हैं, जो नहीं करते हैं, वे नहीं होते हैं ॥ २४ ॥

तत् प्रीतियुक्तेन गुणान्वितेन
पुत्रेण सत्पुत्र दमान्वितेन।
पृष्टो हि सम्प्रीतमना [illegible]
ब्रूयात् सुतस्येह यदुक्तमेतत् ॥ २५ ॥

सत्पुत्र शुकदेव! प्रीतियुक्त, गुणवान् [illegible] इन्द्रियसंयमी पुत्र यदि प्रश्न करे तो पिता संतुष्टचित्त होकर उस जिज्ञासु पुत्रके समीप यथार्थरूपसे इस ज्ञानका उपदेश करे, जो कुछ मैंने तुम्हारे निकट कहा है ॥ २५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने पञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २५० ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ पचासवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५० ॥

एकपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मणके लक्षण और परब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय

व्यास उवाच

गन्धान् रसान् नानुरुन्ध्यात् सुखं [illegible]
नालंकारांश्चाप्नुयात् तस्य [illegible]।
मानं च कीर्तिं [illegible] नेच्छेत्
स वै प्रचारः पश्यतो ब्राह्मणस्य ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा! साधकको चाहिये कि गन्ध और [illegible] आदि विषयोंका उपभोग न करे, विषयसेवन-जनित सुखकी ओर न जाय, स्वर्ण आदिके बने हुए सुन्दर-सुन्दर आभूषणोंको भी न धारण करे तथा मान, बड़ाई और यशकी इच्छा न करे, यही ज्ञानवान् ब्राह्मणका आचार है ॥ १ ॥

सर्वान् वेदानधीयीत शुश्रूषुर्ब्रह्मचर्यवान्।
ऋचो यजूंषि सामानि न तेन न [illegible] वै द्विजः ॥ २ ॥

जो सम्पूर्ण वेदोंका अध्ययन कर ले, गुरुकी सेवामें रहे, ब्रह्मचर्य-व्रतका पालन करे तथा ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद-का पूरा पूरा ज्ञान [illegible] कर ले, वही मुख्य ब्राह्मण है ॥ २ ॥

ज्ञातिवत् सर्वभूतानां सर्ववित् सर्ववेदवित्।
नाकामो म्रियते जातु न तेन न [illegible] वै द्विजः ॥ ३ ॥

जो [illegible] प्राणियोंको अपने कुटुम्बकी भाँति समझकर उनपर दया करता है। जाननेयोग्य तत्त्वका ज्ञाता तथा [illegible] वेदोंका तत्त्वज्ञ है और कामनासे रहित है। वह कभी मृत्युको प्राप्त नहीं होता अर्थात् जन्म-मृत्युके बन्धनसे सदाके लिये [illegible] हो जाता है। इन लक्षणोंसे सम्पन्न पुरुष ब्राह्मण नहीं है ऐसी [illegible] नहीं, किंतु वही सच्चा ब्राह्मण है ॥ ३ ॥

इष्टीश्च विविधाः [illegible] क्रतूंश्चैवाप्तदक्षिणान्।
प्राप्नोति नैव ब्राह्मण्यमविधानात् कथंचन ॥ [illegible] ॥

नाना प्रकारकी इष्टियों और बड़ी-बड़ी दक्षिणाओंवाले यज्ञोंका अनुष्ठान करनेमात्रसे बिना विधानके अर्थात् बिना आत्मज्ञानके किसीको किसी तरह भी ब्राह्मणत्व नहीं प्राप्त हो सकता ॥ ४ ॥

यदा चायं न बिभेति यदा चास्मान्न बिभ्यति।
यदा नेच्छति न द्वेष्टि [illegible] सम्पद्यते तदा ॥ ५ ॥

जिस समय वह दूसरे प्राणियोंसे नहीं डरता और दूसरे प्राणी भी उससे भयभीत नहीं होते तथा जब वह इच्छा और द्वेषका सर्वथा परित्याग कर देता है, उसी समय उसे ब्रह्म-भावकी प्राप्ति होती है ॥ ५ ॥

यदा [illegible] कुरुते भावं सर्वभूतेषु पापकम्।
कर्मणा मनसा वाचा ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥ ६ ॥

जब वह मन, वाणी और क्रियाद्वारा किसी भी प्राणीकी

बुराई करनेका विचार अपने मनमें नहीं करता, तब वह ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है ॥ ६ ॥

कामबन्धनमेवैकं नान्यदस्तीह बन्धनम् ।
कामबन्धनमुक्तो हि ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ ७ ॥

जगत्में कामना ही एकमात्र बन्धन है, यहाँ दूसरा कोई बन्धन नहीं है। जो कामनाके बन्धनसे छूट जाता है, वह ब्रह्मभाव प्राप्त करनेमें समर्थ हो जाता है ॥ ७ ॥

कामतो मुच्यमानस्तु धूम्राभ्रादिव चन्द्रमाः ।
विरजाः कालमाकाङ्क्षन् धीरो धैर्येण वर्तते ॥ ८ ॥

कामनासे मुक्त हुआ रजोगुणरहित धीर पुरुष धूमिल रंगके बादलसे निकले हुए चन्द्रमाकी भाँति निर्मल होकर धैर्यपूर्वक कालकी प्रतीक्षा करता रहता है ॥ ८ ॥

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं
समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत् ।
तद्वत् कामा यं प्रविशन्ति सर्वे
स शान्तिमाप्नोति न कामकामः॥ ९ ॥

जैसे नदियोंके जल सब ओरसे परिपूर्ण और अविचल प्रतिष्ठावाले समुद्रमें उसको विचलित न करते हुए ही [illegible] जाते हैं, उसी प्रकार सब भोग जिस स्थितप्रज्ञ पुरुषमें किसी [illegible] विकार उत्पन्न किये बिना ही प्रविष्ट हो जाते हैं, वही पुरुष परम शान्तिको प्राप्त होता है, भोगोंको चाहनेवाला नहीं॥

[illegible] कामकान्तो न तु कामकामः
[illegible] वै कामात् स्वर्गमुपैति देही ॥ १० ॥

भोग ही उस स्थितप्रज्ञ पुरुषकी कामना करते हैं, परंतु वह भोगोंकी कामना नहीं रखता। जो कामभोग चाहनेवाला देहाभिमानी है, वह कामनाओंके फलस्वरूप स्वर्गलोकमें चला जाता है॥

वेदस्योपनिषत् सत्यं सत्यस्योपनिषद् दमः ।
दमस्योपनिषद् दानं दानस्योपनिषत् तपः ॥ ११ ॥

वेदका सार है [illegible] वचन, सत्यका सार है इन्द्रियोंका संयम, संयमका सार है दान और दानका सार है तपस्या ॥

तपसोपनिषत् त्यागस्त्यागस्योपनिषत् सुखम् ।
सुखस्योपनिषत् स्वर्गः स्वर्गस्योपनिषच्छमः ॥ १२ ॥

तपस्याका सार है त्याग, त्यागका सार है सुख, सुखका सार है स्वर्ग और स्वर्गका सार है शान्ति ॥ १२ ॥

क्लेदनं शोकमनसोः संतापं तृष्णया सह ।
सत्त्वमिच्छसि संतोषाच्छान्तिलक्षणमुत्तमम् ॥ १३ ॥

मनुष्यको संतोषपूर्वक रहकर शान्तिके उत्तम [illegible] सत्त्वगुणको अपनानेकी इच्छा करनी चाहिये। सत्त्वगुण मनकी तृष्णा, शोक और संकल्पको उसी प्रकार जलाकर नष्ट करनेवाला है, जैसे गरम जल चावलको गला देता है ॥

विशोको निर्ममः शान्तः प्रसन्नात्मा विमत्सरः ।
षड्भिर्लक्षणवानेतैः समग्रः पुनरेष्यति ॥ १४ ॥

शोकशून्य, ममतारहित, शान्त, प्रसन्नचित्त, मात्सर्यहीन और संतोषी—इन छः लक्षणोंसे युक्त मनुष्य पूर्ण ज्ञानसे तृप्त हो मोक्ष प्राप्त कर लेता है ॥ १४ ॥

षड्भिः सत्त्वगुणोपेतैः प्राज्ञैरधिगतं त्रिभिः ।
ये विदुः प्रेत्य चात्मानमिहस्थं तं गुणं विदुः ॥ १५ ॥

जो देहाभिमानसे मुक्त होकर सत्त्वप्रधान सत्य, दम, दान, तप, त्याग और शम—इन छः गुणों तथा श्रवण, मनन, निदिध्यासनरूप त्रिविध साधनोंसे प्राप्त होनेवाले आत्माको इस शरीरके रहते हुए ही जान लेते हैं, वे परम शान्तिरूप गुणको प्राप्त होते हैं ॥ १५ ॥

अकृत्रिममसंहार्यं प्राकृतं निरुपस्कृतम् ।
अध्यात्मं सुकृतं प्राप्तः सुखमव्ययमश्नुते ॥ १६ ॥

जो उत्पत्ति और विनाशसे रहित, स्वभावसिद्ध, श्रृङ्गार-शून्य तथा शरीरके भीतर स्थित सुकृत नामसे प्रसिद्ध ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है, वह अक्षय सुखका भागी होता है ॥ १६ ॥

निष्प्रचारं मनः कृत्वा प्रतिष्ठाप्य च सर्वशः ।
यामयं लभते तुष्टिं सा न शक्याऽऽत्मनोऽन्यथा॥ १७ ॥

अपने मनको इधर-उधर जानेसे रोककर आत्मामें सम्पूर्णरूपसे स्थापित कर लेनेपर पुरुषको जिस संतोष और सुखकी प्राप्ति होती है, उसका दूसरे किसी उपायसे प्राप्त होना असम्भव है॥

येन तृप्यत्यभुञ्जानो येन तृप्यत्यवित्तवान् ।
येनास्नेहो बलं धत्ते यस्तं वेद स वेदवित् ॥ १८ ॥

जिससे बिना भोजनके भी मनुष्य तृप्त हो जाता है, जिसके होनेसे निर्धनको भी पूर्ण संतोष रहता है तथा जिसका आश्रय मिलनेसे घृत आदि स्निग्ध पदार्थका सेवन किये बिना भी मनुष्य अपनेमें अनन्त बलका अनुभव करता है, उस ब्रह्मको जो जानता है, वही वेदोंका तत्त्वज्ञ है ॥ १८ ॥

संगुप्तान्यात्मनो द्वाराण्यपिधाय विचिन्तयन् ।
यो ह्यास्ते ब्राह्मणः शिष्टः स आत्मरतिरुच्यते ॥ १९ ॥

जो अपनी इन्द्रियोंके सुरक्षित द्वारोंको सब ओरसे बंद करके नित्य [illegible] चिन्तन करता रहता है, वही श्रेष्ठ ब्राह्मण आत्माराम कहलाता है ॥ १९ ॥

समाहितं परे तत्त्वे क्षीणकाममवस्थितम् ।
सर्वतः सुखमन्वेति वपुश्चान्द्रमसं यथा ॥ २० ॥

जो अपनी कामनाओंको नष्ट करके परम तत्त्वरूप परमात्मामें एकाग्रचित्त होकर स्थित है, उसका सुख शुक्लपक्षके चन्द्रमाकी भाँति सब ओरसे बढ़ता रहता है ॥ २० ॥

अविशेषाणि भूतानि गुणांश्च जहतो मुनेः ।
सुखेनापोह्यते दुःखं भास्करेण तमो यथा ॥ २१ ॥

जो सामान्यतः सम्पूर्ण भूतों और भौतिक गुणोंका त्याग कर देता है, उस मुनिका दुःख उसी प्रकार सुखपूर्वक अनायास [illegible] हो [illegible] है, जैसे सूर्योदयसे अन्धकार ॥ २१ ॥

तमतिक्रान्तकर्माणमतिक्रान्तगुणक्षयम् ।
ब्राह्मणं विषयाश्लिष्टं जरामृत्यू न विन्दतः ॥ २२ ॥

गुणोंके ऐश्वर्य तथा कर्मोंका परित्याग करके विषयवासना-रहित हुए उस ब्रह्मवेत्ता पुरुषको जरा और मृत्यु नहीं प्राप्त होती हैं ॥ २२ ॥

स यदा सर्वतो मुक्तः [illegible] पर्यवतिष्ठते ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थांश्च शरीरस्थोऽतिवर्तते ॥ २३ ॥

जब मनुष्य समस्त बन्धनोंसे पूर्णतया मुक्त होकर समतामें स्थित हो [illegible] है, उस समय इस शरीरके भीतर रहकर भी वह इन्द्रियों और उनके विषयोंकी पहुँचके बाहर हो जाता है॥

कारणं परमं प्राप्य अतिक्रान्तस्य कार्यताम् ।
पुनरावर्तनं नास्ति सम्प्राप्तस्य परं पदम् ॥ २४ ॥

इस प्रकार जो परम कारणस्वरूप ब्रह्मको [illegible] कार्यमयी प्रकृतिकी सीमाको लाँघ जाता है, [illegible] ज्ञानी परमपदको [illegible] हो जाता है । उसे पुनः इस संसारमें नहीं लौटना पड़ता है ॥ २४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने एकपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २५१ ॥

इस [illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ इक्यावनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५१ ॥

द्विपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

शरीरमें पञ्चभूतोंके कार्य और गुणोंकी पहचान

व्यास उवाच

द्वन्द्वानि मोक्षजिज्ञासुरर्थधर्मावनुष्ठितः ।
वक्त्रा गुणवता शिष्यः श्राव्यः पूर्वमिदं महत् ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा ! जो अर्थ और धर्मका अनुष्ठान करके सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंको धैर्यपूर्वक सहता हो और मोक्षकी जिज्ञासा रखता हो, उस श्रद्धालु शिष्यको गुणवान् वक्ता पहले इस महत्त्वपूर्ण अध्यात्मशास्त्रका [illegible] कराये ॥ १ ॥

आकाशं मारुतो ज्योतिरापः पृथ्वी च पञ्चमी ।
भावाभावौ च कालश्च सर्वभूतेषु पञ्चसु ॥ २ ॥

आकाश, वायु, जल, तेज और पाँचवीं पृथ्वी [illegible] भावपदार्थ अर्थात् गुण, कर्म, सामान्य, विशेष और समवाय एवं अभाव और काल (दिक्, आत्मा और मन)—ये सब-के-सब समस्त पाञ्चभौतिक शरीरधारी प्राणियोंमें स्थित हैं ॥

अन्तरात्मकमाकाशं तन्मयं श्रोत्रमिन्द्रियम् ।
तस्य शब्दं गुणं विद्यान्मूर्तिशास्त्रविधानवित् ॥ ३ ॥

आकाश अवकाशस्वरूप है और श्रवणेन्द्रिय आकाशमय है । शरीर-शास्त्रके विधानको जाननेवाला मनुष्य शब्दको आकाशका गुण जाने ॥ [illegible] ॥

चरणं मारुतात्मेति प्राणापानौ च तन्मयौ ।
स्पर्शनं चेन्द्रियं विद्यात् तथा स्पर्शं च तन्मयम् ॥ [illegible] ॥

चलना-फिरना वायुका धर्म है । प्राण और अपान भी वायुस्वरूप ही हैं (समान, उदान और व्यानको भी वायुरूप ही मानना चाहिये)। स्पर्शेन्द्रिय (त्वचा) तथा स्पर्श नामक गुणको भी वायुमय ही समझना चाहिये ॥ ४ ॥

तापः पाकः प्रकाशश्च ज्योतिश्चक्षुश्च पञ्चमम् ।
तस्य रूपं गुणं विद्यात् ताम्रगौरासितात्मकम् ॥ ५ ॥

ताप, पाक, प्रकाश [illegible]और नेत्रेन्द्रिय—ये [illegible]ब तेज या अग्नितत्त्वके कार्य हैं । श्याम, गौर और ताम्र आदि वर्णवाले रूपको उसका गुण समझना चाहिये ॥ ५ ॥

प्रक्लेदः क्षुद्रता स्नेह इत्यपामुपदिश्यते ।
असृङ्मज्जा च यच्चान्यत् स्निग्धं विद्यात् तदात्मकम् ॥ ६ ॥

क्लेदन (किसी वस्तुको सड़ा-गला देना), क्षुद्रता (सूक्ष्मता) तथा स्निग्धता—ये जलके धर्म बताये जाते हैं । रक्त, मज्जा तथा अन्य जो कुछ स्निग्ध पदार्थ है, [illegible] सबको जलमय समझे ॥ ६ ॥

रसनं चेन्द्रियं जिह्वा रसश्चापां गुणो मतः ।
संघातः पार्थिवो धातुरस्थिदन्तनखानि च ॥ ७ ॥

रसनेन्द्रिय, जिह्वा और रस—ये सब जलके गुण माने गये हैं । शरीरमें जो संघात [illegible] कड़ापन है, वह पृथ्वीका कार्य है, अतः हड्डी, दाँत और [illegible] आदिको पृथ्वीका अंश [illegible] चाहिये ॥ ७ ॥

[illegible] रोम च केशाश्च शिरा स्नायु च चर्म च ।
इन्द्रियं घ्राणसंज्ञातं नासिकेत्यभिसंज्ञिता ॥ ८ ॥
गन्धश्चेवेन्द्रियार्थोऽयं विज्ञेयः पृथिवीमयः ।

इसी [illegible] दाढ़ी, मूँछ, शरीरके रोएँ, केश, नाड़ी, स्नायु और चर्म—इन सबकी उत्पत्ति भी पृथ्वीसे ही हुई है । नासिका नामसे प्रसिद्ध जो घ्राणेन्द्रिय है, वह भी पृथ्वीका ही [illegible] है । इस गन्धनामक विषयको भी पार्थिव गुण [illegible] जानना चाहिये ॥ ८½ ॥

उत्तरेषु गुणाः सन्ति सर्वतत्त्वेषु चोत्तराः ॥ ९ ॥

उत्तरोत्तर सभी भूतोंमें पूर्ववर्ती भूतोंके गुण विद्यमान हैं, (जैसे आकाशमें शब्दमात्र गुण है; वायुमें शब्द और स्पर्श दो गुण; तेजमें शब्द, स्पर्श और रूप—तीन गुण; जलमें शब्द, स्पर्श, [illegible] और रस—चार गुण तथा पृथ्वीमें शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—पाँच गुण हैं)॥ ९ ॥

पञ्चानां भूतसंघानां संततिं मुनयो विदुः ।
मनो नवममेषां [illegible] बुद्धिस्तु दशमी स्मृता ॥ १० ॥

मुनिलोग भावना, अज्ञान और कर्म—इन तीनोंको पाँच महाभूतोंके समुदायकी संतति मानते हैं । इन्हीं तीनोंको अविद्या, [illegible] और कर्म भी कहते हैं । ये सब मिलकर आठ हुए । इनके [illegible] मनको नवाँ और बुद्धिको दसवाँ [illegible] माना गया है ॥ १० ॥

एकादशस्त्वनन्तात्मा स सर्वः पर उच्यते ।

व्यवसायात्मिका बुद्धिर्मनो व्याकरणात्मकम् ।
कर्मानुमानाद् विज्ञेयः स जीवः क्षेत्रसंज्ञकः ॥ ११ ॥

अविनाशी आत्मा ग्यारहवाँ तत्त्व है। उसीको सर्वस्वरूप और श्रेष्ठ बताया जाता है। बुद्धि निश्चयात्मिका होती है और मनका स्वरूप संशय बताया गया है। कर्मोंका [illegible] और कर्ता कोई भी जड़तत्त्व नहीं हो सकता, इस अनुमान-ज्ञानसे [illegible] क्षेत्रज्ञ नामक जीवात्माको समझना चाहिये ॥ ११ ॥

एभिः कालात्मकैर्भावैर्यः सर्वैः सर्वमन्वितम् ।
पश्यत्यकलुषं कर्म स मोहं नानुवर्तते ॥ १२ ॥

जो मनुष्य सारे जगत्‌को इन समस्त कालात्मक भावोंसे सम्पन्न देखता और निष्पाप कर्म करता है, वह कभी मोहमें नहीं पड़ता है ॥ १२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने द्विपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २५२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ बावनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५२ ॥

त्रिपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

स्थूल, सूक्ष्म और कारण-शरीरसे भिन्न जीवात्माका और परमात्माका योगके द्वारा साक्षात्कार करनेका प्रकार

व्यास उवाच

शरीराद् विप्रमुक्तं हि सूक्ष्मभूतं शरीरिणम् ।
कर्मभिः परिपश्यन्ति शास्त्रोक्तैः शास्त्रवेदिनः ॥ १ ॥

व्यासजी कहते हैं—पुत्र ! योगशास्त्रके ज्ञाता शास्त्रोक्त कर्मोंके द्वारा स्थूल शरीरसे निकले हुए सूक्ष्म स्वरूप जीवात्माको देखते हैं ॥ १ ॥

यथा मरीच्यः सहिताश्चरन्ति
सर्वत्र तिष्ठन्ति च दृश्यमानाः ।
देहैर्विमुक्तानि चरन्ति लोकां-
स्तथैव सत्त्वान्यतिमानुषाणि ॥ २ ॥

जैसे सूर्यकी किरणें परस्पर मिली हुई ही सर्वत्र विचरती हैं एवं स्थित हुई दृष्टिगोचर होती हैं, उसी प्रकार अलौकिक जीवात्मा स्थूल शरीरसे निकलकर सम्पूर्ण लोकोंमें जाते हैं। (यह ज्ञानदृष्टिसे ही जाननेमें आ सकता है) ॥ २ ॥

प्रतिरूपं यथैवाप्सु तापः सूर्यस्य लक्ष्यते ।
सत्त्ववत्सु तथा सत्त्वं प्रतिरूपं स पश्यति ॥ ३ ॥

जैसे विभिन्न जलाशयोंके जलमें सूर्यकी किरणोंका पृथक्-पृथक् दर्शन होता है, उसी प्रकार योगी पुरुष सभी सजीव शरीरोंके भीतर सूक्ष्मरूपसे स्थित पृथक्-पृथक् जीवोंको देखता है ॥ ३ ॥

तानि सूक्ष्माणि सत्त्वानि विमुक्तानि शरीरतः ।
स्वेन सत्त्वेन [illegible] पश्यन्ति नियतेन्द्रियाः ॥ ४ ॥

शरीरके तत्त्वको जाननेवाले जितेन्द्रिय योगीजन उन स्थूलशरीरोंसे निकले हुए सूक्ष्म लिङ्गशरीरोंसे युक्त जीवोंको अपने आत्माके द्वारा देखते हैं ॥ ४ ॥

स्वपतां जाग्रतां चैव सर्वेषामात्मचिन्तितम् ।
प्रधानाद्वैधमुक्तानां जहतां कर्मजं रजः ॥ ५ ॥
यथाहनि तथा रात्रौ यथा रात्रौ तथाहनि ।
वशे तिष्ठति [illegible] सततं योगयोगिनाम् ॥ ६ ॥

जो अपने मनमें चिन्तित कर्मजनित रजोगुणका अर्थात् रजोगुणजनित काम आदिका योगबलसे परित्याग कर देते हैं [illegible] जो प्रकृतिके तादात्म्यभावसे भी मुक्त हैं, उन सभी योगपरायण योगी पुरुषोंका जीवात्मा [illegible] दिनमें वैसे रातमें, जैसे रातमें वैसे दिनमें सोते-जागते समय निरन्तर उनके वश-में रहता है ॥ ५-६ ॥

तेषां नित्यं सदा नित्यो भूतात्मा सततं गुणैः ।
सप्तभिस्त्वन्वितः सूक्ष्मैश्चरिष्णुरजरामरः ॥ ७ ॥

उन योगियोंका नित्य स्वरूप जीव सदा [illegible] सूक्ष्म गुणों (महत्तत्त्व, अहङ्कार और पाँच तन्मात्राओं) से युक्त हो अजर-अमर देवताओंकी भाँति नित्यप्रति विचरता रहता है ॥ ७ ॥

मनोबुद्धिपराभूतः स्वदेहपरदेहवित् ।
स्वप्नेष्वपि भवत्येष विज्ञाता सुखदुःखयोः ॥ ८ ॥

जिन मूढ़ मनुष्योंका जीवात्मा मन और बुद्धिके वशीभूत रहता है, वह अपने और पराये शरीरको जाननेवाला मनुष्य स्वप्न-अवस्थामें भी सूक्ष्म शरीरसे सुख-दुःखका अनुभव करता है ॥ ८ ॥

तत्रापि लभते दुःखं तत्रापि लभते सुखम् ।
क्रोधलोभौ तु तत्रापि कृत्वा व्यसनमृच्छति ॥ ९ ॥

वहाँ (स्वप्नमें भी) उसे दुःख और सुख प्राप्त होते हैं। एवं उस स्वप्नमें भी (जाग्रत्‌की भाँति ही) क्रोध और लोभ करके वह संकटमें पड़ जाता है ॥ ९ ॥

प्रीणितश्चापि भवति महतोऽर्थानवाप्य हि ।
करोति पुण्यं तत्रापि जीवन्निव च पश्यति ॥ १० ॥

वहाँ भी महान् धन पाकर वह प्रसन्न होता है तथा पुण्यकर्मोंका अनुष्ठान करता है; इतना ही नहीं, जाग्रत्-अवस्थाकी भाँति वह स्वप्नमें भी [illegible] वस्तुओंको देखता है ॥ १० ॥

महोष्मान्तर्गतश्चापि गर्भत्वं समुपेयिवान् ।
दश मासान् वसन् कुक्षौ नैषोऽन्नमिव जीर्यते ॥ ११ ॥

(यह कितने बड़े आश्चर्यकी बात है कि) गर्भभावको प्राप्त हुआ जीवात्मा दस मासतक माताके उदरमें निवास करता है और जठरानलकी अधिक आँचसे संतप्त होता रहता है तो भी अन्नकी भाँति पच नहीं जाता ॥ ११ ॥

तमेतमतितेजोंऽशं भूतात्मानं हृदि स्थितम् ।
तमोरजोभ्यामाविष्टा नानुपश्यन्ति मूर्तिषु ॥ १२ ॥

यह जीवात्मा परमात्माका ही अंग है और देहधारियोंके हृदयमें विराजमान है तथापि जो लोग रजोगुण और तमोगुण-से अभिभूत हैं, वे देहके भीतर उस जीवात्माकी स्थितिको देख या समझ नहीं पाते हैं ॥ १२ ॥

योगशास्त्रपरा भूत्वा तमात्मानं परीप्सवः।
अनुच्छ्वासान्यमूर्तानि यानि वज्रोपमान्यपि ॥ १३ ॥

जड स्थूल शरीर, अमूर्त सूक्ष्म शरीर तथा वज्रतुल्य सुदृढ कारण शरीर—ये जो तीन प्रकारके शरीर हैं, इन्हें आत्माको प्राप्त करनेकी इच्छावाले योगीजन योगशास्त्रपरायण होकर लाँघ जाते हैं ॥ १३ ॥

पृथग्भूतेषु सृष्टेषु चतुर्थाश्रमकर्मसु।
समाधौ योगमेवैतच्छाण्डिल्यः शममब्रवीत् ॥ १४ ॥

संन्यास आश्रमके कर्म भिन्न-भिन्न प्रकारके बताये गये हैं। उनमें समाधिके विषयमें मैंने जो कुछ बताया है, इसीको शाण्डिल्य मुनिने शमके नामसे (छान्दोग्यउपनिषद् शाण्डिल्य ब्राह्मणमें) कहा है ॥ १४ ॥

विदित्वा सप्त सूक्ष्माणि षडङ्गं च महेश्वरम्।
प्रधानविनियोगज्ञः परं ब्रह्मानुपश्यति ॥ १५ ॥

जो पञ्चतन्मात्रा तथा मन और बुद्धि—इन सात सूक्ष्म तत्त्वोंको शाश्वत जानकर एवं छः अङ्गोंसे यानी ऐश्वर्योंसे युक्त महेश्वरका ज्ञान प्राप्त करके इस बातको जान लेता है कि त्रिगुणात्मिका प्रकृतिका परिणाम ही यह सम्पूर्ण जगत् है, वह परब्रह्म परमात्माका साक्षात्कार कर लेता है ॥ १५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने त्रिपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २५३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ तिरपनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५३ ॥

चतुष्पञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

कामरूपी अद्भुत वृक्षका तथा उसे काटकर मुक्ति प्राप्त करनेके उपायका और शरीररूपी नगरका वर्णन

व्यास उवाच

हृदि कामद्रुमश्चित्रो मोहसंचयसम्भवः।
क्रोधमानमहास्कन्धो विधित्सापरिषेचनः ॥ १ ॥
तस्य चाज्ञानमाधारः प्रमादः परिषेचनम्।
सोऽभ्यसूयापलाशो हि पुरा दुष्कृतसारवान् ॥ २ ॥

व्यासजी कहते हैं—बेटा! मनुष्यके हृदयभूमिमें मोहरूपी बीजसे उत्पन्न हुआ एक विचित्र वृक्ष है, जिसका नाम है काम। क्रोध और अभिमान उसके महान् स्कन्ध हैं। कुछ करनेकी इच्छा उसमें जल सींचनेका पात्र है। अज्ञान उसकी जड है। प्रमाद ही उसे सींचनेवाला जल है। दूसरोंके दोष देखना उस वृक्षका पत्ता है तथा पूर्व जन्ममें किये हुए पाप उसके सारभाग हैं ॥ १-२ ॥

सम्मोहचिन्ताविटपः शोकशाखो भयाङ्कुरः।
मोहनीभिः पिपासाभिर्लताभिरनुवेष्टितः ॥ ३ ॥

शोक उसकी शाखा, मोह और चिन्ता डालियाँ एवं भय उसके अङ्कुर हैं। मोहमें डालनेवाली तृष्णारूपी लताएँ उसमें लिपटी हुई हैं ॥ ३ ॥

उपासते महावृक्षं सुलुब्धास्तत्फलेप्सवः।
आयसैः संयुताः पाशैः फलदं परिवेष्ट्य तम् ॥ ४ ॥

लोभी मनुष्य लोहेकी जंजीरोंके समान वासनाके बन्धनोंमें बँधकर उस फलदायक महान् वृक्षको चारों ओरसे घेरकर आसपास बैठे हैं और उसके फलको प्राप्त करना चाहते हैं ॥ ४ ॥

यस्तान् पाशान् वशे कृत्वा तं वृक्षमपकर्षति।
गतः स दुःखयोरन्तं जरामरणयोर्द्वयोः ॥ ५ ॥

जो उन वासनाके बन्धनोंको वशमें करके वैराग्यरूप शस्त्रद्वारा उस काम-वृक्षको काट डालता है, वह मनुष्य जरा और मृत्युजनित दोनों प्रकारके दुःखोंसे पार हो जाता है ॥ ५ ॥

संरोहत्यकृतप्रज्ञः सदा येन हि पादपम्।
स तमेव ततो हन्ति विषग्रन्थिरिवातुरम् ॥ ६ ॥

परंतु जो मूर्ख फलके लोभसे सदा उस वृक्षपर चढ़ता है, उसे वह वृक्ष ही मार डालता है; ठीक वैसे ही, जैसे खायी हुई विषकी गोली रोगीको मार डालती है ॥ ६ ॥

तस्यानुगतमूलस्य मूलमुद्ध्रियते बलात्।
योगप्रसादात् कृतिना साम्येन परमासिना ॥ ७ ॥

उस काम-वृक्षकी जड़ें बहुत दूरतक फैली हुई हैं। कोई विद्वान् पुरुष ही ज्ञानयोगके प्रसादसे समतारूप उत्तम खड्गके द्वारा बलपूर्वक उस वृक्षका मूलोच्छेद कर डालता है ॥ ७ ॥

एवं यो वेद कामस्य केवलस्य निवर्तनम्।
बन्धं वै कामशास्त्रस्य स दुःखान्यतिवर्तते ॥ ८ ॥

इस प्रकार जो केवल कामनाओंको निवृत्त करनेका उपाय जानता है तथा भोगविधायक शास्त्र बन्धनकारक है—इस बातको समझता है, वह सम्पूर्ण दुःखोंको लाँघ जाता है ॥ ८ ॥

शरीरं पुरमित्याहुः स्वामिनी बुद्धिरिष्यते।
तत्रबुद्धेः शरीरस्थं मनो नामार्थचिन्तकम् ॥ ९ ॥

इस शरीरको पुर या नगर कहते हैं। बुद्धि इस नगरकी रानी मानी गयी है और शरीरके भीतर रहनेवाला मन निश्चयात्मिका बुद्धिरूप रानीके अर्थकी सिद्धिका विचार करनेवाला मन्त्री है ॥ ९ ॥

इन्द्रियाणि मनःपौरास्तदर्थं तु परा कृतिः।
तत्र द्वौ दारुणौ दोषौ तमो नाम रजस्तथा।
तदर्थमुपजीवन्ति पौराः सह पुरेश्वरैः ॥ १० ॥

इन्द्रियाँ इस नगरमें निवास करनेवाली प्रजा हैं। वे मनरूपी मन्त्रीकी आज्ञाके अधीन रहती हैं। उन प्रजाओंकी रक्षाके लिये मनको बड़े-बड़े कार्य करने पड़ते हैं। वहाँ दो

दारुण दोष हैं, जो रज और तमके नामसे प्रसिद्ध हैं। नगरके शासक मन, बुद्धि और जीव इन तीनोंके साथ समस्त पुरवासी रूप इन्द्रियगण मनके द्वारा प्रस्तुत किये हुए शब्द आदि विषयोंका उपभोग करते हैं ॥ १० ॥

अद्वारेण तमेवार्थं द्वौ दोषावुपजीवतः।
तत्र बुद्धिर्हि दुर्धर्षा मनः सामान्यमश्नुते ॥ ११ ॥

रजोगुण और तमोगुण—ये दो दोष निषिद्धमार्गके द्वारा उस विषय-सुखका आश्रय लेते हैं। वहाँ बुद्धि दुर्धर्ष होनेपर भी मनके साथ रहनेसे उसीके समान हो जाती है ॥ ११ ॥

पौराश्चापि मनस्त्रस्तास्तेषामपि चला स्थितिः।
तदर्थं बुद्धिरध्यास्ते सोऽनर्थः परिषीदति ॥ १२ ॥

उस समय इन्द्रियरूपी पुरवासी जन मनके भयसे त्रस्त हो जाते हैं; अतः उनकी स्थिति भी चञ्चल ही रहती है। बुद्धि भी उस अनर्थका ही निश्चय करती है। इसलिये वह अनर्थ आ बसता है ॥ १२ ॥

यदर्थं पृथगध्यास्ते मनस्तत्परिषीदति।
पृथग्भूतं मनो बुद्ध्या मनो भवति केवलम् ॥ १३ ॥

बुद्धि जिस विषयका अवलम्बन करती है, मन भी उसी का आश्रय लेता है। मन जब बुद्धिसे पृथक् होता है, तब केवल मन रह जाता है ॥ १३ ॥

तत्रैनं विधृतं शून्यं रजः पर्यवतिष्ठते।
तन्मनः कुरुते सख्यं रजसा सह सङ्गतम्।
तं चादाय जनं पौरं रजसे सम्प्रयच्छति ॥ १४ ॥

उस समय रजोगुणजनित काम मनको आत्माके बलसे युक्त होनेपर भी विवेकसे रहित होनेके कारण सब ओरसे घेर लेता है। तब वह कामसे घिरा हुआ मन उस रजोगुणरूप कामके साथ मित्रता स्थापित कर लेता है। उसके बाद वह मन ही उस इन्द्रियरूप पुरवासीजनको रजोगुणजनित कामके हाथमें समर्पित कर देता है (जैसे राजाका विरोधी मन्त्री राज्य और प्रजाको शत्रुके हाथमें सौंप देता है) ॥ १४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने चतुष्पञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २५४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ चौवनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५४ ॥

पञ्चपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

पञ्चभूतोंके तथा मन और बुद्धिके गुणोंका विस्तृत वर्णन

भीष्म उवाच

भूतानां परिसंख्यानं भूयः पुत्र निशामय।
द्वैपायनमुखाद् भ्रष्टं श्लाघया [illegible] ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—निष्पाप पुत्र युधिष्ठिर! द्वैपायन व्यासजीके मुखसे वर्णित जो पञ्चमहाभूतोंका निरूपण है, वह मैं पुनः तुम्हें बता रहा हूँ; तुम बड़ी स्पृहाके साथ इस विषयको सुनो ॥ १ ॥

दीप्तानलनिभः प्राह भगवान् धूमवर्चसे।
ततोऽहमपि वक्ष्यामि भूयः पुत्र निदर्शनम् ॥ २ ॥

[illegible]! प्रज्वलित अग्निके समान तेजस्वी भगवान् वेदव्यासने धूमाच्छादित अग्निके [illegible] विराजमान अपने पुत्र शुकदेवके समक्ष पहले जिस प्रकार इस विषयका प्रतिपादन किया था, उसे [illegible] पुनः तुमसे कहूँगा। बेटा! तुम सुनिश्चित दर्शन-शास्त्रको श्रवण करो ॥ २ ॥

भूमेः स्थैर्यं गुरुत्वं च काठिन्यं प्रसवार्थता।
गन्धो गुरुत्वं शक्तिश्च संघातः स्थापना धृतिः ॥ ३ ॥

स्थिरता, भारीपन, कठिनता (कड़ापन), बीजको अङ्कुरित करनेकी शक्ति, गन्ध, विशालता, शक्ति, संघात, स्थापना और धारणशक्ति—ये दस पृथ्वीके गुण हैं ॥ ३ ॥

अपां शैत्यं रसः क्लेदो द्रवत्वं स्नेहसौम्यता।
जिह्वा विस्यन्दनं चापि भौमानां श्रपणं [illegible] ॥ ४ ॥

शीतलता, रस, क्लेद (गलाना या गीला करना), द्रवत्व (पिघलना), स्नेह (चिकनाहट), सौम्यभाव, जिह्वा, टपकना, ओले या बर्फके रूपमें जम जाना तथा पृथ्वीसे उत्पन्न होनेवाले चावल-दाल आदिको गला देना—ये सब जलके गुण हैं ॥ ४ ॥

अग्नेर्दुर्धर्षता ज्योतिस्तापः पाकः प्रकाशनम्।
शोको रागो लघुस्तैक्ष्ण्यं सततं चोर्ध्वभासिता ॥ ५ ॥

दुर्धर्ष होना, जलना, ताप देना, पकाना, प्रकाश करना, शोक, राग, हल्कापन, तीक्ष्णता और आगकी लपटोंका सदा ऊपरकी ओर उठना एवं प्रकाशित होना—ये सब अग्निके गुण हैं ॥ ५ ॥

वायोरनियमस्पर्शो वादस्थानं स्वतन्त्रता।
बलं शैघ्र्यं च मोक्षं च कर्म चेष्टाऽऽत्मता भवः ॥ ६ ॥

अनियत स्पर्श, वाक्-इन्द्रियकी स्थिति, चलने फिरने आदिकी स्वतन्त्रता, बल, शीघ्रगामिता, मल-मूत्र आदिको शरीरसे बाहर निकालना, उत्क्षेपण आदि कर्म, क्रिया-शक्ति, प्राण और जन्म-मृत्यु—ये सब वायुके गुण हैं ॥ ६ ॥

[illegible] गुणः शब्दो व्यापित्वं छिद्रतापि च।
अनाश्रयमनालम्बमव्यक्तमविकारिता[illegible] ॥ ७ ॥
अप्रतीघातिता चैव भूतत्वं विकृतानि च।
गुणाः पञ्चाशतं प्रोक्ताः पञ्चभूतात्मभाविताः ॥ ८ ॥

शब्द, व्यापकता, छिद्र होना, किसी स्थूल पदार्थका [illegible] न होना, स्वयं किसी दूसरे आधारपर न रहना, अव्यक्तता, निर्विकारता, प्रतिघातशून्यता और भूतता अर्थात् श्रवणेन्द्रियका कारण होना और विकृतिसे युक्त होना—ये छः

आकाशके गुण हैं। इस प्रकार पञ्चमहाभूतोंके ये पचास गुण बताये गये हैं ॥ ७-८ ॥

धैर्योपपत्तिर्व्यक्तिश्च विसर्गः कल्पना क्षमा।
सदसच्चाशुता चैव मनसो नव वै गुणाः ॥ ९ ॥

धैर्य, तर्क-वितर्कमें कुशलता, स्मरण, भ्रान्ति, कल्पना, क्षमा, शुभ एवं अशुभ संकल्प और चञ्चलता—ये मनके नौ गुण हैं ॥ ९ ॥

इष्टानिष्टविपत्तिश्च व्यवसायः समाधिता।
संशयः प्रतिपत्तिश्च बुद्धेः पञ्चगुणान् विदुः ॥ १० ॥

इष्ट और अनिष्ट वृत्तियोंका नाश, विचार, समाधान, संदेह और निश्चय—ये पाँच बुद्धिके गुण माने गये हैं ॥ १० ॥

युधिष्ठिर उवाच

कथं पञ्चगुणा बुद्धिः कथं पञ्चेन्द्रिया गुणाः।
एतन्मे सर्वमाचक्ष्व सूक्ष्मज्ञानं पितामह ॥ ११ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! बुद्धिके पाँच ही गुण कैसे हैं? तथा पाँच इन्द्रियाँ भी भूतोंके गुण कैसे हो सकती हैं? यह सारा सूक्ष्म ज्ञान आप मुझे बताइये ॥ ११ ॥

भीष्म उवाच

आहुः षष्टिं बुद्धिगुणान् वै
भूतविशिष्टा नित्यविषक्ताः।
भूतविभूतीश्चाक्षरसृष्टाः
पुत्र न नित्यं तदिह वदन्ति ॥ १२ ॥

भीष्मजीने कहा—वत्स युधिष्ठिर! महर्षियोंका कहना है कि बुद्धिके साठ गुण हैं अर्थात् पाँचों भूतोंके पूर्वोक्त पचास गुण तथा बुद्धिके पाँच गुण मिलकर पचपन हुए। इनमें पञ्चभूतोंको भी बुद्धिके गुणरूपसे गिन लेनेपर वे साठ हो जाते हैं। ये सभी गुण नित्य चैतन्यसे मिले हुए हैं। पञ्चमहाभूत और उनकी विभूतियाँ अविनाशी परमात्माकी सृष्टि हैं; परंतु परिवर्तनशील होनेके कारण उसे तत्त्वज्ञ पुरुष नित्य नहीं बताते हैं ॥ १२ ॥

तत् पुत्र चिन्ताकलिलं तदुक्त-
मनागतं वै तव सम्प्रतीह।
भूतार्थतत्त्वं तदवाप्य सर्वं
भूतप्रभावाद् भव शान्तबुद्धिः ॥ १३ ॥

बेटा युधिष्ठिर! अन्य वक्ताओंने जगत्‌की उत्पत्तिके विषयमें पहले जो कुछ कहा है, वह सब वेदविरुद्ध और विचार-दूषित है, अतः इस समय तुम नित्यसिद्ध परमात्माका यथार्थ तत्त्व सुनकर उन्हीं परमेश्वरके प्रभाव एवं प्रसादसे शान्त-बुद्धि हो जाओ ॥ १३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकानुप्रश्ने पञ्चपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २५५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका अनुप्रश्नविषयक दो सौ पचपनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५५ ॥

षट्पञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

युधिष्ठिरका मृत्युविषयक प्रश्न, नारदजीका राजा अकम्पनसे मृत्युकी उत्पत्तिका प्रसंग सुनाते हुए ब्रह्माजीकी रोषाग्निसे प्रजाके दग्ध होनेका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

य इमे पृथिवीपालाः शेरते पृथिवीतले।
पृतनामध्य एते हि गतसंज्ञा महाबलाः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! ये जो असंख्य भूपाल (प्राणशून्य होकर) इस भूतलपर सेनाके बीचमें सो रहे हैं इनकी ओर दृष्टिपात कीजिये। ये महान् बलवान् थे तो भी संज्ञाहीन होकर पड़े हैं ॥ १ ॥

एकैकशो भीमबला नागायुतबलास्तथा।
एते हि निहताः संख्ये तुल्यतेजोबलैर्नरैः ॥ २ ॥

इनमेंसे एक-एक नरेश भयानक बलसे सम्पन्न था। दस-दस हजार हाथियोंकी शक्ति रखता था। ये सब-के-सब इस युद्धस्थलमें अपने समान ही तेजस्वी और बलवान् मनुष्यों-द्वारा मारे गये हैं ॥ २ ॥

नैषां पश्यामि हन्तारं प्राणिनां संयुगे परम्।
विक्रमेणोपसम्पन्नास्तेजोबलसमन्विताः ॥ ३ ॥

इन प्राणशक्ति-सम्पन्न नरेशोंको कोई दूसरा वीर संग्राम-भूमिमें मार सके—ऐसा मुझे नहीं दिखायी देता था; क्योंकि ये सब-के-सब बल-पराक्रमसे सम्पन्न और तेजस्वी थे ॥ ३ ॥

अथ चेमे महाप्राज्ञाः शेरते हि गतासवः।
मृता इति च शब्दोऽयं वर्तत्येषु गतासुषु ॥ ४ ॥

किंतु इस समय ये महाबुद्धिमान् भूपाल निष्प्राण होकर पड़े हैं। इनके प्राण निकल जानेपर इनके लिये मृत शब्दका व्यवहार होता है अर्थात् 'ये मर गये' ऐसा कहा जाता है ॥ ४ ॥

इमे मृता नृपतयः प्रायशो भीमविक्रमाः।
तत्र मे संशयो जातः कुतः संज्ञा मृता इति ॥ ५ ॥
कस्य मृत्युः कुतो मृत्युः केन मृत्युरिह प्रजाः।
हरत्यमरसंकाश तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ ६ ॥

ये जो नरेश मृत्युको प्राप्त हो गये हैं, इनमें बहुत-से भयानक पराक्रमसे सम्पन्न हैं। यहाँ मेरे मनमें यह संदेह होता है कि इन्हें मृत नाम कैसे दिया गया? किसकी मृत्यु होती है? किससे मृत्यु होती है? और किस कारणसे मृत्यु यहाँ समस्त प्राणियोंका अपहरण करती है? देवतुल्य पितामह! मुझे यह सब बतानेकी कृपा करें ॥ ५-६ ॥

भीष्म उवाच

पुरा कृतयुगे तात राजा ह्यासीदकम्पनः।
स शत्रुवशमापन्नः संग्रामे क्षीणवाहनः॥ ७॥

भीष्मजीने कहा—तात! प्राचीन सत्ययुगकी बात है, अकम्पन नामके एक राजा थे। एक समय संग्राममें उनका रथ नष्ट हो गया और वे शत्रुके वशमें पड़ गये॥ ७॥

तस्य पुत्रो हरिर्नाम नारायणसमो बले।
स शत्रुभिर्हतः संख्ये सबलः सपदानुगः॥ ८॥

उनके एक पुत्र था, जिसका नाम था हरि। वह बलमें भगवान् नारायणके ही समान जान पड़ता था, परंतु उस समराङ्गणमें शत्रुओंने सेना और सेवकोंसहित उस राजकुमारको मार गिराया॥ ८॥

स राजा शत्रुवशगः पुत्रशोकसमन्वितः।
यदृच्छया शान्तिपरो ददर्श भुवि नारदम्॥ ९॥

राजा अकम्पन स्वतन्त्र भूपाल न रहकर शत्रुके अधीन हो गये तथा पुत्रके शोकमें डूबे रहने लगे। वे शान्तिका उपाय ढूँढ़ रहे थे। इतनेहीमें दैवेच्छासे भूतलपर विचरते हुए देवर्षि नारदका उन्हें दर्शन हुआ॥ ९॥

तस्मै स सर्वमाचष्ट यथावृत्तं जनेश्वरः।
शत्रुभिर्ग्रहणं संख्ये पुत्रस्य मरणं तथा॥ १०॥

राजाने युद्धस्थलमें शत्रुओंद्वारा अपने पकड़े जाने एवं पुत्रकी मृत्यु होनेका सारा समाचार यथावत् रूपसे नारदजीके सामने कह सुनाया॥ १०॥

तस्य तद् वचनं श्रुत्वा नारदोऽथ तपोधनः।
आख्यानमिदमाचष्ट पुत्रशोकापहं तदा॥ ११॥

राजाका वह कथन सुनकर तपस्याके धनी नारदजीने उस समय उनसे यह प्राचीन इतिहास कहना आरम्भ किया, जो उनके पुत्रशोकको मिटानेवाला था॥ ११॥

नारद उवाच

राजञ्शृणु समाख्यानमद्येदं बहुविस्तरम्।
यथावृत्तं श्रुतं चैव मयेदं वसुधाधिप॥ १२॥

नारदजी बोले—राजन्! आज यह अत्यन्त विस्तृत आख्यान सुनो। पृथ्वीनाथ! मैंने इसे जैसा सुना है, वह यथावत् वृत्तान्त तुम्हें सुना रहा हूँ॥ १२॥

प्रजाः सृष्ट्वा महातेजाः प्रजासर्गे पितामहः।
अतीव वृद्धा बहुला नामृष्यत पुनः प्रजाः॥ १३॥

प्रजाकी सृष्टि करते समय महातेजस्वी पितामह ब्रह्माने बहुत-से प्राणियोंकी सृष्टि कर डाली, तब उनकी संख्या बहुत अधिक हो गयी। इतनी अधिक प्रजाओंका होना ब्रह्माजीसे सहन न हो सका॥ १३॥

न ह्यन्तरमभूत् किञ्चित् क्वचिज्जन्तुभिरच्युत।
निरुच्छ्वासमिवोदद्धं त्रैलोक्यमभवन्नृप॥ १४॥

अपने धर्मसे कभी च्युत न होनेवाले नरेश! उस समय कहीं कोई थोड़ा-सा भी ऐसा स्थान नहीं रह गया, जो जीव जन्तुओंसे भरा न हो। सारी त्रिलोकी अवरुद्ध हो गयी। लोगोंका कहीं साँस लेना भी असम्भव-सा हो गया—सबका दम घुटने लगा॥ १४॥

तस्य चिन्ता समुत्पन्ना संहारं प्रति भूपते।
चिन्तयन् नाध्यगच्छच्च संहारे हेतुकारणम्॥ १५॥

भूपाल! अब ब्रह्माजीके मनमें प्रजाके संहारकी—उसकी संख्या घटानेकी चिन्ता उत्पन्न हुई। वे बहुत देरतक सोचते विचारते रहे, परंतु प्रजाके संहारका कोई युक्तियुक्त कारण ध्यानमें नहीं आया॥ १५॥

तस्य रोषान्महाराज खेभ्योऽग्निरुदतिष्ठत।
तेन सर्वा दिशो राजन् ददाह स पितामहः॥ १६॥

महाराज! उस समय रोषवश ब्रह्माजीके नेत्र आदि इन्द्रियगोलकोंसे अग्नि प्रकट हो गयी। राजन्! उस अग्निसे पितामहने सम्पूर्ण दिशाओंको दग्ध करना आरम्भ किया॥

ततो दिवं भुवं खं च जगच्च सचराचरम्।
ददाह पावको राजन् भगवत्कोपसम्भवः॥ १७॥

राजन्! भगवान् ब्रह्माके क्रोधसे प्रकट हुई वह आग स्वर्ग, पृथ्वी, अन्तरिक्ष तथा चराचर प्राणियोंसहित सम्पूर्ण जगत्‌को जलाने लगी॥ १७॥

तत्रादह्यन्त भूतानि जङ्गमानि ध्रुवाणि च।
महता क्रोधवेगेन कुपिते प्रपितामहे॥ १८॥

प्रपितामह ब्रह्माके कुपित होनेपर उनके क्रोधके महान् वेगसे सभी स्थावर-जङ्गम प्राणी दग्ध होने लगे॥ १८॥

ततोऽध्वरजटः स्थाणुर्वेदाध्वरपतिः शिवः।
जगाम शरणं देवो ब्रह्माणं परवीरहा॥ १९॥

तब यज्ञ ही जिनकी जटाएँ हैं तथा जो वेदों और यज्ञोंके प्रतिपालक हैं, वे शत्रुवीरोंका संहार करनेवाले कल्याणकारी भगवान् शिव ब्रह्माजीकी शरणमें गये॥ १९॥

तस्मिन्नभिगते स्थाणौ प्रजानां हितकाम्यया।
अब्रवीत् परमो देवो ज्वलन्निव तदा शिवम्॥ २०॥

प्रजावर्गके हितकी इच्छासे महादेवजीके अपने सामने आनेपर तेजसे जलते हुए-से परमदेव ब्रह्माजी उनसे इस प्रकार बोले—॥ २०॥

करवाण्यद्य कं कामं वरार्होऽसि मतो मम।
कर्ता ह्यस्मि प्रियं शम्भो तव यद्धृदि वर्तते॥ २१॥

'शम्भो! मैं तुम्हें वर पानेके योग्य समझता हूँ। बोलो, आज तुम्हारी कौन-सी इच्छा पूर्ण करूँ? तुम्हारे हृदयमें जो भी प्रिय मनोरथ हो, उसे मैं पूर्ण करूँगा'॥ २१॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मृत्युप्रजापतिसंवादोपक्रमे षट्पञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २५६॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मृत्यु और प्रजापतिके संवादका उपक्रमविषयक दो सौ छप्पनवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २५६॥

सप्तपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

महादेवजीकी प्रार्थनासे ब्रह्माजीके द्वारा अपनी रोषाग्निका उपसंहार तथा मृत्युकी उत्पत्ति

स्थाणुरुवाच

प्रजासर्गनिमित्तं मे कार्यवत्तामिमां प्रभो।
विद्धि सृष्टास्त्वया हीमा मा कुप्यासां पितामह ॥ १ ॥

महादेवजीने कहा—प्रभो ! पितामह ! मेरा मनोरथ या प्रयोजन आपसे प्रजासर्गकी रक्षाके लिये प्रार्थना करना है। आप इस बातको जान लें। आपहीने इन प्रजाओंकी सृष्टि की है; अतः आप इनपर क्रोध न कीजिये ॥ १ ॥

तव तेजोऽग्निना देव प्रजा दह्यन्ति सर्वशः।
ता दृष्ट्वा मम कारुण्यं [illegible] कुप्यासां जगत्प्रभो ॥ २ ॥

देव ! जगदीश्वर ! आज आपकी क्रोधाग्निसे सारी प्रजाएँ दग्ध हो रही हैं। उन्हें उस अवस्थामें देखकर मुझे दया आती है; आप उनपर क्रोध न करें ॥ २ ॥

प्रजापतिरुवाच

न कुप्ये न च मे कामो न भवेयुः प्रजा इति।
लाघवार्थं धरण्यास्तु ततः संहार इष्यते ॥ ३ ॥

प्रजापति ब्रह्माजी बोले—शिव ! मैं प्रजापर कुपित नहीं हूँ और न मेरी यही इच्छा है कि प्रजाओंका विनाश हो जाय। पृथ्वीका भार [illegible] करनेके लिये ही प्रजाके संहारकी [illegible] प्रतीत हुई है ॥ ३ ॥

इयं हि मां सदा देवी भारार्ता समचोदयत्।
संहारार्थं महादेव भारेणाप्सु निमज्जति ॥ ४ ॥

महादेव ! यह पृथ्वीदेवी भारी भारसे पीड़ित हो सदा मुझे प्रजाके संहारके लिये प्रेरित करती रही है; क्योंकि यह जगत्‌के भारसे समुद्रमें डूबी जा रही है ॥ ४ ॥

यदाहं नाधिगच्छामि बुद्ध्या बहु विचारयन्।
संहारमासां वृद्धानां ततो मां क्रोध आविशत् ॥ ५ ॥

जब बहुत विचार करनेपर भी मुझे इन बढ़ी हुई प्रजाओंके संहारका कोई उपाय न सूझा, तब मुझे क्रोध [illegible] गया ॥ ५ ॥

स्थाणुरुवाच

संहारार्थं प्रसीदस्व मा क्रुधो विबुधेश्वर।
मा प्रजाः स्थावरं चैव जङ्गमं च व्यनीनशत् ॥ ६ ॥

महादेवजीने कहा—देवेश्वर ! संहारके लिये आप क्रोध न करें। प्रजापर प्रसन्न हों। कहीं ऐसा न हो कि समस्त चराचर प्राणियोंका विनाश हो जाय ॥ ६ ॥

पल्वलानि च सर्वाणि सर्वं चैव तृणोपलम्।
स्थावरं जङ्गमं चैव भूतग्रामं चतुर्विधम् ॥ [illegible] ॥
तदेतद् भस्मसाद्भूतं जगत् सर्वमुपप्लुतम्।
प्रसीद भगवन् साधो वर एष वृतो मया ॥ ८ ॥

ये सारे जलाशय, सब-के-सब [illegible] और लता-बेलें तथा चार प्रकारके प्राणिसमुदाय (स्वेदज, अण्डज, उद्भिज, जरायुज) भस्मीभूत हो रहे हैं। सारे जगत्‌का प्रलय उपस्थित हो [illegible] है। भगवन् ! प्रसन्न होइये। साधो ! मैं आपसे यही वर माँगता हूँ ॥ ७-८ ॥

[illegible] न पुनरेष्यन्ति प्रजा ह्येताः कथंचन।
तस्मान्निवर्त्यतामेतत् तेन स्वेनैव तेजसा ॥ ९ ॥

यदि इन प्रजाओंका [illegible] हो गया तो ये किसी तरह फिर यहाँ उपस्थित न हो सकेंगी। इसलिये आप अपने ही प्रभावसे इस क्रोधाग्निको निवृत्त कीजिये ॥ ९ ॥

उपायमन्यं सम्पश्य भूतानां हितकाम्यया।
यथामी जन्तवः सर्वे न दह्येरन् पितामह ॥ १० ॥

पितामह ! आप सम्पूर्ण प्राणियोंके हितके लिये संहारका कोई दूसरा ही उपाय सोचिये, जिससे ये सारे जीव-जन्तु एक [illegible] ही दग्ध न हो जायँ ॥ १० ॥

अभावं हि न गच्छेयुरुच्छिन्नप्रजनाः प्रजाः।
अधिदैवे नियुक्तोऽस्मि त्वया लोकेश्वरेश्वर ॥ ११ ॥

लोकेश्वरेश्वर ! आपने मुझे देवताओंके आधिपत्य पदपर नियुक्त किया है, अतः मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ, यदि प्रजाकी संततिका उच्छेद होगा तो [illegible] प्रजाओंका सर्वथा [illegible] ही हो जायगा; अतः आप इस विनाशको [illegible] कीजिये ॥

त्वद्भवं हि जगन्नाथ जगत् स्थावरजङ्गमम्।
प्रसाद्य त्वां महादेव याचाम्यावृत्तिजाः प्रजाः ॥ १२ ॥

जगन्नाथ ! महादेव ! यह समस्त चराचर जगत् आपसे ही उत्पन्न हुआ है; अतः मैं आपको प्रसन्न करके यह याचना करता हूँ कि ये सारी [illegible] पुनरावर्तनशील हों—मरकर पुनः [illegible] धारण करें ॥ १२ ॥

नारद उवाच

श्रुत्वा तु वचनं देवः स्थाणोर्नियतवाङ्मनाः।
तेजस्तत् संनिजग्राह पुनरेवान्तरात्मनि ॥ १३ ॥

नारदजी कहते हैं—राजन् ! महादेवजीकी यह बात सुनकर भगवान् ब्रह्माने मन और वाणीका संयम किया [illegible] [illegible] अग्निको पुनः अपनी अन्तरात्मामें ही लीन कर लिया ॥

ततोऽग्निमुपसंगृह्य भगवाँल्लोकपूजितः।
प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च कल्पयामास वै प्रभुः ॥ १४ ॥

तब लोकपूजित भगवान् ब्रह्माने उस अग्निका उपसंहार करके प्रजाके लिये जन्म और मृत्युकी व्यवस्था की ॥ १४ ॥

उपसंहरतस्तस्य तमग्निं रोषजं तदा।
प्रादुर्बभूव विश्वेभ्यः खेभ्यो नारी महात्मनः ॥ १५ ॥

उस क्रोधाग्निका उपसंहार करते समय महात्मा ब्रह्माजीकी सम्पूर्ण इन्द्रियोंसे एक मूर्तिमती नारी प्रकट हुई ॥ १५ ॥

कृष्णरक्ताम्बरधरा कृष्णनेत्रतलान्तरा।
दिव्यकुण्डलसम्पन्ना दिव्याभरणभूषिता ॥ १६ ॥

उसके वस्त्र काले और लाल थे। आँखोंके निम्न और आभ्यन्तर प्रदेश भी काले रंगके ही थे। वह दिव्य कुण्डलोंसे कान्तिमती तथा अलौकिक आभूषणोंसे विभूषित थी॥ १६॥

विनिःसृत्य वै खेभ्यो दक्षिणामाश्रिता दिशम्।
ददृशाते च तां कन्यां देवौ विश्वेश्वरावुभौ॥ १७॥

वह ब्रह्माजीके इन्द्रियच्छिद्रोंसे निकलकर दक्षिण दिशाकी ओर चल दी। उस समय उन दोनों जगदीश्वरों (ब्रह्मा और शिव) ने उस कन्याको देखा॥ १७॥

तामाहूय तदा देवो लोकानामादिरीश्वरः।
मृत्यो इति महीपाल जहि चेमाः प्रजा इति॥ १८॥

भूपाल! तब लोकोंके आदिकारण भगवान् ब्रह्माने उसे 'मृत्यु' कहकर पुकारा और निकट बुलाकर कहा—'तुम इन प्रजाओंका समय-समयपर विनाश करती रहो॥ १८॥

त्वं हि संहारबुद्ध्या मे चिन्तिता रुषितेन च।
तस्मात् संहर सर्वास्त्वं प्रजाः सजडपण्डिताः॥ १९॥

'मैंने प्रजाके संहारकी भावनासे रोषमें भरकर तुम्हारा चिन्तन किया था; इसलिये तुम मूढ़ और विद्वान् सम्पूर्ण प्रजाओंका संहार करो॥ १९॥

अविशेषेण चैव त्वं प्रजाः संहर कामिनि।
मम त्वं हि नियोगेन श्रेयः परमवाप्स्यसि॥ २०॥

'कामिनि! तुम मेरे आदेशसे सामान्यतः सर्वसाधारण प्रजाका संहार करो। इससे तुम्हें परम कल्याणकी प्राप्ति होगी'॥ २०॥

एवमुक्ता तु देवी मृत्युः कमलमालिनी।
प्रदध्यौ दुःखिता बाला साश्रुपातमतीव च॥ २१॥

ब्रह्माजीके ऐसा कहनेपर कमलोंकी मालासे अलंकृत नवयौवना मृत्यु देवी नेत्रोंसे आँसू बहाती हुई दुःखी हो बड़ी चिन्तामें पड़ गयी॥ २१॥

पाणिभ्यां चैव जग्राह तान्यश्रूणि जनेश्वरः।
मानवानां हितार्थाय ययाचे पुनरेव च॥ २२॥

तब जनेश्वर ब्रह्माजीने मानवोंके हितके लिये अपने दोनों हाथोंमें मृत्युके आँसू ले लिये। फिर मृत्युने उनसे इस प्रकार प्रार्थना की॥ २२॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मृत्युप्रजापतिसंवादे सप्तपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २५७॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मृत्यु और प्रजापतिका संवादविषयक दो सौ सत्तावनवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २५७॥

अष्टपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः

मृत्युकी घोर तपस्या और प्रजापतिकी आज्ञासे उसका प्राणियोंके संहारका कार्य स्वीकार करना

नारद उवाच

विनीय दुःखमबला साऽऽत्मनैवायतेक्षणा।
उवाच प्राञ्जलिर्भूत्वा लतेवावर्जिता तदा॥ १॥

नारदजी कहते हैं—राजन्! तदनन्तर वह विशाल नेत्रोंवाली अबला स्वयं ही उस दुःखको दूर हटाकर झुकायी हुई लताके समान विनम्र हो हाथ जोड़कर ब्रह्माजीसे बोली—॥

त्वया कथं नारी मादृशी वदतां वर।
रौद्रकर्माभिजायेत सर्वप्राणिभयङ्करी॥ २॥

'वक्ताओंमें श्रेष्ठ प्रजापते! (यदि मुझसे क्रूर कर्म ही कराना था तो) आपने मुझ-जैसी कोमलहृदया नारीको क्यों उत्पन्न किया? मुझ-जैसी स्त्री समस्त प्राणियोंके लिये भयकर क्रूरतापूर्ण कर्म करनेवाली हो सकती है?॥ २॥

बिभेम्यहमधर्मस्य धर्म्यमादिश कर्म मे।
त्वं मां भीतामवेक्षस्व शिवेनेक्षस्व चक्षुषा॥ ३॥

'भगवन्! मैं अधर्मसे बहुत डरती हूँ। आप मुझे धर्मानुकूल कार्य करनेकी आज्ञा दें। मुझ भयभीत अबलापर दृष्टिपात करें और कल्याणमयी दृष्टिसे मेरी ओर देखें॥ ३॥

वृद्धान् वयस्यांश्च न हरेयमनागसः।
प्राणिनः प्राणिनामीश नमस्तेऽस्तु प्रसीद मे॥ ४॥

'समस्त प्राणियोंके अधीश्वर! मैं निरपराध बालक, वृद्ध और तरुण प्राणियोंके प्राण नहीं लूँगी। आपको नमस्कार है, आप मुझपर प्रसन्न हों॥ ४॥

प्रियान् पुत्रान् वयस्यांश्च भ्रातॄन् मातॄः पितॄनपि।
अपध्यास्यन्ति यद्येवं मृतास्तेषां बिभेम्यहम्॥ ५॥

'जब मैं लोगोंके प्यारे पुत्रों, मित्रों, भाइयों, माताओं तथा पिताओंको मारने लगूँगी, तब उनके सम्बन्धी उनके इस प्रकार मारे जानेके कारण मेरा अनिष्ट-चिन्तन करेंगे; अतः मैं उन लोगोंसे बहुत डरती हूँ॥ ५॥

कृपणाश्रुपरिक्लेदो दहेन्मां शाश्वतीः समाः।
तेभ्योऽहं बलवद् भीता शरणं त्वामुपागता॥ ६॥

'उन दीन-दुखियोंके नेत्रोंसे जो आँसू बहकर उनके अंगों और वक्षःस्थलको भिगो देगा, वह मुझे सदा अनन्त वर्षोंतक जलाता रहेगा। मैं उनसे बहुत डरी हुई हूँ, इसलिये आपकी शरणमें आयी हूँ॥ ६॥

यमस्य भवने देव पात्यन्ते पापकर्मिणः।
प्रसादये त्वां वरद प्रसादं कुरु मे प्रभो॥ ७॥

'वरदायक प्रभो! देव! सुना है कि पापाचारी प्राणी यमराजके लोकमें गिराये जाते हैं, अतः आपसे प्रसन्न होनेके लिये प्रार्थना करती हूँ, आप मुझपर कृपा कीजिये॥ ७॥

एतदिच्छाम्यहं कामं त्वत्तो लोकपितामह।
इच्छेयं त्वत्प्रसादार्थं तपस्तप्तुं महेश्वर॥ ८॥

'लोकपितामह! महेश्वर! मैं आपसे अपनी इस अभिलाषाकी पूर्ति चाहती हूँ। मेरी इच्छा है कि मैं आपकी प्रसन्नताके लिये कहीं जाकर तप करूँ'॥ ८॥

पितामह उवाच

मृत्यो संकल्पिता मे त्वं प्रजासंहारहेतुना ।
गच्छ संहर सर्वास्त्वं प्रजा मा च विचारय ॥ ९ ॥

ब्रह्माजीने कहा—मृत्यो ! प्रजाके संहारके लिये ही मैंने संकल्पपूर्वक तुम्हारी सृष्टि की है। जाओ, सारी प्रजाका संहार करो। इसके लिये मनमें कोई विचार न करो ॥ ९ ॥

एतदेवमवश्यं हि भविता नैतदन्यथा ।
क्रियतामनवद्याङ्गि यथोक्तं मद्वचोऽनघे ॥ १० ॥

यह बात अवश्य ही इसी प्रकार होनेवाली है। इसमें कोई परिवर्तन नहीं हो सकता। निर्दोष अङ्गोंवाली देवि ! मैंने जो बात कही है, उसका पालन करो। इससे तुम्हें पाप नहीं लगेगा ॥ १० ॥

एवमुक्ता महाबाहो मृत्युः परपुरंजय ।
न व्याजहार तस्थौ च प्रह्वा भगवदुन्मुखी ॥ ११ ॥

महाबाहो ! शत्रुनगरीपर विजय पानेवाले नरेश ! ब्रह्माजीके ऐसा कहनेपर मृत्यु उन्हींकी ओर मुँह करके हाथ जोड़े खड़ी रह गयी—कुछ बोल न सकी ॥ ११ ॥

पुनः पुनरथोक्ता सा गतसत्त्वेव भामिनी ।
तूष्णीमासीत् ततो देवो देवानामीश्वरेश्वरः ॥ १२ ॥
प्रससाद किल ब्रह्मा स्वयमेवात्मनाऽऽत्मनि ।
स्मयमानश्च लोकेशो लोकान् सर्वानवैक्षत ॥ १३ ॥

उनके बार-बार कहनेपर वह मानिनी नारी निष्प्राण-सी होकर मौन रह गयी। 'हाँ' या 'ना' कुछ भी न बोल सकी। तदनन्तर देवताओंके भी देवता और ईश्वरोंके भी ईश्वर लोकनाथ ब्रह्माजी स्वयं ही अपने मनमें बड़े प्रसन्न हुए और मुसकराते हुए समस्त लोकोंकी ओर देखने लगे ॥ १२-१३ ॥

निवृत्तरोषे तस्मिंस्तु भगवत्यपराजिते ।
सा कन्यापि जगामास्य समीपादिति नः श्रुतम् ॥ १४ ॥

उन अपराजित भगवान् ब्रह्माका रोष निवृत्त हो जानेपर वह कन्या भी उनके निकटसे चली गयी, ऐसा हमने सुना है ॥ १४ ॥

अपसृत्याप्रतिश्रुत्य प्रजासंहरणं तदा ।
त्वरमाणेव राजेन्द्र मृत्युर्धेनुकमभ्यगात् ॥ १५ ॥

राजेन्द्र ! उस समय प्रजाका संहार करनेके विषयमें कोई प्रतिज्ञा न करके मृत्यु वहाँसे हट गयी और बड़ी उतावलीके साथ धेनुकाश्रममें जा पहुँची ॥ १५ ॥

सा तत्र परमं देवी तपोऽचरद् दुश्चरम् ।
समा ह्येकपदे तस्थौ दश पद्मानि पञ्च च ॥ १६ ॥

वहाँ मृत्युदेवीने अत्यन्त दुष्कर और उत्तम तपस्या की। वह पंद्रह पद्म वर्षोंतक एक पैरपर खड़ी रही ॥ १६ ॥

तां तथा कुर्वतीं तत्र तपः परमदुश्चरम् ।
पुनरेव महातेजा ब्रह्मा वचनमब्रवीत् ॥ १७ ॥

इस प्रकार वहाँ अत्यन्त दुष्कर तपस्या करती हुई मृत्युसे महातेजस्वी ब्रह्माजीने पुनः जाकर इस प्रकार कहा— ॥ १७ ॥

कुरुष्व मे वचो मृत्यो तदनादृत्य सत्वरा ।
तथैवैकपदे तात पुनरन्यानि सप्त सा ॥ १८ ॥
तस्थौ पद्मानि षट् चैव पञ्च द्वे चैव मानद ।

'मृत्यो ! तुम मेरी आज्ञाका पालन करो।' दूसरोंको मान देनेवाले तात ! उनके इस कथनका आदर न करके मृत्युने तुरंत ही दूसरे बीस पद्म वर्षोंतक पुनः एक पैरपर खड़ी हो तपस्या आरम्भ कर दी ॥ १८½ ॥

भूयः पद्मायुतं तात मृगैः सह चचार सा ॥ १९ ॥
द्वे चायुते नरश्रेष्ठ वाय्वाहारा महामते ।

तात ! महामते ! नरश्रेष्ठ ! फिर वह दस हजार पद्म वर्षोंतक मृगोंके साथ विचरती रही। इसके बाद बीस हजार वर्षोंतक उसने केवल वायुका आहार किया ॥ १९½ ॥

पुनरेव ततो राजन् मौनमातिष्ठदुत्तमम् ॥ २० ॥
अप्सु वर्षसहस्राणि सप्त चैकं च पार्थिव ।

राजन् ! तदनन्तर उसने उत्तम मौन-व्रत धारण कर लिया। पृथ्वीपते ! फिर उसने जलमें आठ हजार वर्षोंतक रहकर तपस्या की ॥

ततो जगाम सा कन्या कौशिकीं नृपसत्तम ॥ २१ ॥
तत्र वायुजलाहारा चचार नियमं पुनः ।

नृपश्रेष्ठ ! तदनन्तर वह कन्या कौशिकी नदीके तटपर गयी। वहाँ वायु और जलका आहार करके उसने पुनः कठोर नियमोंका पालन किया ॥ २१½ ॥

ततो ययौ महाभागा गङ्गां मेरुं च केवलम् ॥ २२ ॥
तस्थौ दार्विव निश्चेष्टा प्रजानां हितकाम्यया ।

तत्पश्चात् वह महाभागा ब्रह्मकन्या गङ्गाजीके किनारे और केवल मेरुपर्वतपर गयी। वहाँ प्रजावर्गके हितकी इच्छासे वह काठकी भाँति निश्चेष्ट खड़ी रही ॥ २२½ ॥

ततो हिमवतो मूर्ध्नि यत्र देवाः समीजिरे ॥ २३ ॥
तत्राङ्गुष्ठेन राजेन्द्र निखर्वमपरं ततः ।
तस्थौ पितामहं चैव तोषयामास यत्नतः ॥ २४ ॥

राजेन्द्र ! तदनन्तर हिमालय पर्वतके शिखरपर जहाँ पहले देवताओंने यज्ञ किया था, उस स्थानपर वह परम सुन्दरी कन्या एक निखर्व वर्षोंतक अँगूठेके बलपर खड़ी रही। इस प्रकार यत्न करके उसने पितामह ब्रह्माजीको संतुष्ट कर लिया॥

ततस्तामब्रवीत् तत्र लोकानां प्रभवाप्ययः ।
किमिदं वर्तसे पुत्रि क्रियतां मम तद् वचः ॥ २५ ॥

तब सम्पूर्ण लोकोंकी उत्पत्ति और प्रलयके कारणभूत ब्रह्माजी वहाँ उस कन्यासे बोले—'बेटी ! तुम यह क्या करती हो ? मेरी आज्ञाका पालन करो' ॥ २५ ॥

ततोऽब्रवीत् पुनर्मृत्युर्भगवन्तं पितामहम् ।
न हरेयं प्रजा देव पुनश्चाहं प्रसादये ॥ २६ ॥

तब मृत्युने पुनः भगवान् पितामहसे कहा—'देव ! मैं प्रजाका संहार नहीं कर सकती। इसके लिये पुनः आपका कृपाप्रसाद चाहती हूँ' ॥ २६ ॥

तामधर्मभयाद् भीतां पुनरेव प्रयाचतीम् ।
तदाब्रवीद् देवदेवो निगृह्येदं वचस्ततः ॥ २७ ॥

अधर्मके भयसे डरकर पुनः कृपाकी भीख माँगती हुई मृत्युको रोककर देवाधिदेव ब्रह्माने उससे यह बात कही—॥

अधर्मो नास्ति ते मृत्यो संयच्छेमाः प्रजाः शुभे।
मया ह्युक्तं मृषा भद्रे भविता नेह किंचन ॥ २८ ॥

'मृत्यो! तुम इन प्रजाओंका संहार करो। शुभे! इससे तुम्हें पाप नहीं लगेगा। भद्रे! मेरी कही हुई कोई भी बात यहाँ झूठी नहीं हो सकती ॥ २८ ॥

धर्मः सनातनश्च त्वामिहैवानुप्रवेक्ष्यति।
अहं च विबुधाश्चैव त्वद्धिते निरताः सदा ॥ २९ ॥

'सनातन धर्म यहीं तुम्हारे भीतर प्रवेश करेगा। मैं तथा ये सम्पूर्ण देवता सदा तुम्हारे हितमें लगे रहेंगे ॥

इममन्यं च ते कामं ददानि मनसेप्सितम्।
न त्वां दोषेण यास्यन्ति व्याधिसम्पीडिताः प्रजाः॥ ३०॥
पुरुषेषु स्वरूपेण पुरुषस्त्वं भविष्यसि।
स्त्रीषु स्त्रीरूपिणी चैव तृतीयेषु नपुंसकम् ॥ ३१ ॥

'मैं तुम्हें यह दूसरा भी मनोवाञ्छित वर दे रहा हूँ कि रोगोंसे पीड़ित हुई [illegible] तुम्हारे प्रति दोष दृष्टि नहीं करेगी। तुम पुरुषोंमें पुरुषरूपसे रहोगी, स्त्रियोंमें स्त्रीरूप धारण कर लोगी और नपुंसकोंमें नपुंसक हो जाओगी' ॥ ३०-३१ ॥

सैवमुक्ता महाराज कृताञ्जलिरुवाच ह।
पुनरेव महात्मानं नेति देवेशमव्ययम् ॥ ३२ ॥

महाराज! ब्रह्माजीके ऐसा कहनेपर मृत्यु हाथ जोड़कर उन अविनाशी महात्मा देवेश्वर ब्रह्मासे पुनः इस [illegible] बोली—'प्रभो! मैं प्राणियोंका संहार नहीं करूँगी' ॥ ३२ ॥

तामब्रवीत् तदा देवो मृत्यो संहर मानवान्।
अधर्मस्ते न भविता [illegible] ध्यास्याम्यहं शुभे ॥ ३३ ॥

तब ब्रह्माजीने उससे कहा—'मृत्यो! तुम मनुष्योंका संहार करो, तुम्हें पाप नहीं लगेगा। शुभे! मैं तुम्हारे लिये शुभ-चिन्तन करता रहूँगा ॥ ३३ ॥

यानश्रुबिन्दून् पतितानपश्यं
ये पाणिभ्यां धारितास्ते पुरस्तात्।
ते व्याधयो मानवान् घोररूपाः
प्राप्ते काले कालयिष्यन्ति मृत्यो ॥ ३४ ॥

'मृत्यो! मैंने पहले तुम्हारे जिन अश्रुबिन्दुओंको गिरते देखा और जिन्हें अपने हाथोंमें धारण कर लिया था, वे ही [illegible] आनेपर भयंकर रोग बनकर मनुष्योंको कालके गालमें डाल देंगे ॥ ३४ ॥

सर्वेषां त्वं प्राणिनामन्तकाले
कामक्रोधौ सहितौ योजयेथाः।
एवं धर्मस्त्वामुपैष्यत्यमेयो
न चाधर्मं लप्स्यसे तुल्यवृत्तिः ॥ ३५ ॥

'सभी प्राणियोंके अन्तकालमें तुम काम और क्रोधको एक साथ नियुक्त कर देना। इस प्रकार तुम्हें अप्रमेय धर्मकी प्राप्ति होगी और तुम्हें पाप नहीं लगेगा; क्योंकि तुम्हारी चित्तवृत्ति सम (राग द्वेषसे शून्य) है ॥ ३५ ॥

एवं धर्मं पालयिष्यस्यथो त्वं
न चात्मानं मज्जयिष्यस्यधर्मे।
तस्मात् कामं रोचयाभ्यागतं त्वं
संयोज्याथो संहरस्वेह जन्तून् ॥ ३६ ॥

'इस प्रकार तुम धर्मका पालन करोगी और अपने आपको पापमें नहीं डुबाओगी; अतः अपनेको प्राप्त होनेवाले इस अधिकारको प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करो और कामको इस कार्यमें लगाकर इस जगत्‌के प्राणियोंका संहार करो' ॥ ३६ ॥

सा वै तदा मृत्युसंज्ञापदेशा
भीता शापाद् बाढमित्यब्रवीत् तम्।
अथो प्राणान् प्राणिनामन्तकाले
कामक्रोधौ प्राप्य निर्मोह्य हन्ति ॥ ३७ ॥

तब वह मृत्यु नामवाली नारी शापसे डरकर ब्रह्माजीसे बोली—'बहुत अच्छा, आपकी आज्ञा स्वीकार है।' वही मृत्यु प्राणियोंका अन्तकाल आनेपर काम और क्रोधसे प्रेरित करके उनके द्वारा उन्हें मोहमें डालकर मार डालती है ॥

मृत्योर्ये ते व्याधयश्चाश्रुपाता
मनुष्याणां रुज्यते यैः शरीरम्।
सर्वेषां वै प्राणिनां प्राणनान्ते
तस्माच्छोकं मा कृथा बुद्ध्य बुद्ध्या ॥

पहले मृत्युके जो अश्रुबिन्दु गिरे थे, वे ही ज्वर आदि रोग हो गये; जिनके द्वारा मनुष्योंका शरीर रुग्ण हो [illegible] है। वह मृत्यु सभी प्राणियोंकी आयु समाप्त होनेपर उनके पास आती है। अतः राजन्! तुम अपने पुत्रके लिये शोक न करो। इस विषयको बुद्धिके द्वारा समझो ॥

सर्वे देवाः प्राणिनां प्राणनान्ते
गत्वा वृत्ताः संनिवृत्तास्तथैव।
एवं सर्वे मानवाः प्राणनान्ते
गत्वा वृत्ता देववद् राजसिंह ॥ ३९ ॥

राजसिंह! जैसे इन्द्रियाँ जाग्रत्-अवस्थाके अन्तमें सुषुप्तिके समय निष्क्रिय होकर विलीन हो जाती हैं और जाग्रत्-अवस्था आनेपर पुनः लौट आती हैं, उसी प्रकार सारे प्राणी ही जीवनके अन्तमें परलोकमें जाकर कर्मोंके अनुसार देवताओंके तुल्य अथवा नरकगामी होते हैं और कर्मोंके क्षीण होनेपर इस जगत्‌में लौटकर पुनः मनुष्य आदि योनियोंमें जन्म ग्रहण करते हैं ॥ ३९ ॥

वायुर्भीमो भीमनादो महौजाः
स सर्वेषां प्राणिनां प्राणभृत्तः।
नानावृत्तिर्देहिनां देहभेदे
तस्माद् वायुर्देवदेवो विशिष्टः ॥ ४० ॥

भयंकर शब्द करनेवाला महान् बलशाली भयानक प्राणवायु ही समस्त प्राणियोंका प्राणस्वरूप है। वही देह

धारियोंके देहका नाश होनेपर नाना प्रकारके रूपों या शरीरोंको प्राप्त होता है। [illegible]ः इस शरीरके भीतर देवाधिदेव वायु (प्राण) ही सबसे श्रेष्ठ है ॥ ४० ॥

सर्वे देवा मर्त्यसंज्ञाविशिष्टाः
सर्वे मर्त्या देवसंज्ञाविशिष्टाः ।
तस्मात् पुत्रं मा शुचो राजसिंह
पुत्रः स्वर्गं प्राप्य ते मोदते ह ॥ ४१ ॥

सभी देवता पुण्य क्षय होनेपर इस लोकमें आकर मरण-धर्मा नामसे विभूषित होते हैं और सभी मरणधर्मा मनुष्य पुण्यके प्रभावसे मृत्युके पश्चात् देवसंज्ञासे संयुक्त होते हैं। [illegible] राजसिंह ! तुम अपने पुत्रके लिये शोक न करो। तुम्हारा पुत्र स्वर्गलोकमें जाकर आनन्द भोग रहा है ॥ ४१ ॥

एवं मृत्युर्देवसृष्टा प्रजानां
प्राप्ते काले संहरन्ती यथावत् ।
तस्याश्चैव व्याधयस्तेऽश्रुपाताः
प्राप्ते काले संहरन्तीह जन्तून् ॥ ४२ ॥

इस प्रकार ब्रह्माजीने ही प्राणियोंकी मृत्यु रची है। वह मृत्यु ठीक समय आनेपर यथावत् रूपसे जीवोंका संहार करती है। उसके जो अश्रुपात हैं, वे ही मृत्युकाल प्राप्त होनेपर रोग बनकर इस जगत्के प्राणियोंका संहार करते हैं ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि मृत्युप्रजापतिसंवादे अष्टपञ्चाशदधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥२५८॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें मृत्यु और प्रजापतिका संवादविषयक दो सौ अट्ठावनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५८ ॥

एकोनषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

धर्माधर्मके स्वरूपका निर्णय

युधिष्ठिर उवाच

इमे वै मानवाः सर्वे धर्मं प्रति विशङ्किताः ।
कोऽयं धर्मः कुतो धर्मस्तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! ये सभी मनुष्य [illegible] धर्मके विषयमें संशयशील हैं, अतः [illegible] जानना चाहता [illegible] कि धर्म क्या है ? और उसकी उत्पत्ति कहाँसे हुई है ? यह मुझे बताइये ॥ [illegible] ॥

धर्मस्त्वयमिहार्थः किममुत्रार्थोऽपि वा भवेत् ।
उभयार्थो हि वा धर्मस्तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ २ ॥

पितामह ! इस लोकमें सुख पानेके लिये जो कर्म किया [illegible] है, वही धर्म है या परलोकमें कल्याणके लिये जो कुछ किया [illegible] है, उसे धर्म कहते हैं ? अथवा लोक-परलोक दोनोंके सुधारके लिये [illegible] किया जानेवाला कर्म [illegible] धर्म कहलाता है ? यह मुझे बताइये ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

सदाचारः स्मृतिर्वेदास्त्रिविधं धर्मलक्षणम् ।
चतुर्थमर्थमित्याहुः कवयो धर्मलक्षणम् ॥ ३ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! वेद, स्मृति और सदाचार—ये तीन धर्मके स्वरूपको लक्षित करानेवाले हैं। कुछ विद्वान् अर्थको भी धर्मका चौथा लक्षण बताते हैं ॥

अपि ह्युक्तानि धर्म्याणि व्यवस्यन्त्युत्तरावरे ।
लोकयात्रार्थमेवेह धर्मस्य नियमः कृतः ॥ [illegible] ॥

शास्त्रोंमें जो धर्मानुकूल कार्य बताये गये हैं, उन्हें ही प्रधान एवं अप्रधान सभी लोग निश्चित रूपसे धर्म मानते हैं। लोकयात्राका निर्वाह करनेके लिये ही महर्षियोंने यहाँ धर्मकी मर्यादा स्थापित की है ॥ ४ ॥

[illegible] सुखोदर्क इह चैव परत्र च ।
[illegible] निपुणं धर्मं पापः पापेन युज्यते ॥ ५ ॥

धर्मका पालन करनेसे आगे चलकर इस लोक और परलोकमें भी सुख मिलता है। पापी मनुष्य विचारपूर्वक धर्मका आश्रय न लेनेसे पापमें प्रवृत्त हो उसके दुःखरूप [illegible] भागी होता है ॥ ५ ॥

न च पापकृतः पापान्मुच्यन्ते केचिदापदि ।
अपापवादी भवति [illegible] भवति धर्मकृत् ।
धर्मस्य निष्ठा त्वाचारस्तमेवाश्रित्य भोत्स्यसे ॥ ६ ॥

पापाचारी मनुष्य आपत्तिकालमें कष्ट भोगकर भी उस पापसे मुक्त नहीं होते और धर्मका आचरण करनेवाले लोग आपत्तिकालमें भी पापका समर्थन नहीं करते हैं। आचार (शौचाचार सदाचार) ही धर्मका आधार है; अतः युधिष्ठिर ! तुम उस आचारका आश्रय लेकर ही धर्मके यथार्थ स्वरूपको जान सकोगे ॥ ६ ॥

[illegible] धर्मसमाविष्टो धनं गृह्णाति तस्करः ।
रमते निर्हरन् स्तेनः परवित्तमराजके ॥ [illegible] ॥

जैसे चोर धर्मकार्यमें प्रवृत्त होकर भी दूसरोंके धनका अपहरण कर ही लेता है और अराजक-अवस्थामें पराये धनका अपहरण करनेवाला लुटेरा सुखका अनुभव करता है ॥

यदास्य तद्धरन्त्यन्ये तदा राजानमिच्छति ।
तदा तेषां स्पृहयते ये वै तुष्टाः स्वकैर्धनैः ॥ ८ ॥

परंतु जब दूसरे लोग उस चोरका भी धन हर लेते हैं, [illegible] वह चोर भी प्रजाकी रक्षा करने और चोरोंको दण्ड देनेवाले राजाको चाहता है—उसकी आवश्यकताका अनुभव

करता है। उस अवस्थामें वह उन पुरुषोंके समान बननेकी इच्छा करता है, जो अपने ही धनसे संतुष्ट रहते हैं—दूसरोंके धनपर हाथ लगाना पाप समझते हैं ॥ ८ ॥

अभीतः शुचिरभ्येति राजद्वारमशङ्कितः।
न हि दुश्चरितं किंचिदन्तरात्मनि पश्यति ॥ ९ ॥

जो पवित्र है—जिसमें चोरी आदिके दोष नहीं हैं, वह मनुष्य निर्भय और निःशङ्क होकर राजाके द्वारपर चला जाता है; क्योंकि वह अपनी अन्तरात्मामें कोई दुराचार नहीं देखता है॥९॥

सत्यस्य वचनं साधु न सत्याद् विद्यते परम्।
सत्येन विधृतं सर्वं सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम् ॥ १० ॥

सत्य बोलना शुभ कर्म है। सत्यसे बढ़कर दूसरा कोई कार्य नहीं है। सत्यने ही सबको धारण कर रक्खा है और सत्यमें ही सब कुछ प्रतिष्ठित है ॥ १० ॥

अपि पापकृतो रौद्राः सत्यं कृत्वा पृथक् पृथक्।
अद्रोहमविसंवादं प्रवर्तन्ते तदाश्रयाः ॥ ११ ॥

क्रूर स्वभाववाले पापी भी पृथक्-पृथक् सत्यकी शपथ खाकर ही आपसमें द्रोह [illegible] विवादसे बचे रहते हैं। इतना ही नहीं, वे सत्यका आश्रय लेकर सत्यकी ही दुहाई देकर अपने-अपने कर्मोंमें प्रवृत्त होते हैं ॥ ११ ॥

ते चेन्मिथोऽधृतिं कुर्युर्विनश्येयुरसंशयम्।
न हर्तव्यं परधनमिति धर्मः सनातनः ॥ १२ ॥

वे यदि आपसकी शपथको भंग कर दे तो निस्संदेह परस्पर लड़-भिड़कर नष्ट हो जायँ। दूसरोंके धनका अपहरण नहीं करना चाहिये—यही सनातन धर्म है ॥ १२ ॥

मन्यन्ते बलवन्तस्तं दुर्बलैः सम्प्रवर्तितम्।
यदा नियतिदौर्बल्यमथैषामेव रोचते ॥ १३ ॥

कुछ बलवान् लोग (बलके घमंडमें नास्तिकभावका आश्रय लेकर) धर्मको दुर्बलोंका चलाया हुआ मानते हैं; किंतु [illegible] भाग्यवश वे भी दुर्बल हो जाते हैं, तब अपनी रक्षाके लिये उन्हें भी धर्मका ही सहारा लेना अच्छा जान पड़ता है ॥ १३ ॥

न ह्यत्यन्तं बलवन्तो भवन्ति सुखिनोऽपि वा।
तस्मादनार्जवे बुद्धिर्न कार्या ते कदाचन ॥ १४ ॥

संसारमें कोई भी न तो अत्यन्त बलवान् होते हैं और न बहुत सुखी ही। इसलिये तुम्हें अपनी बुद्धिमें कभी कुटिलताका विचार नहीं लाना चाहिये ॥ १४ ॥

असाधुभ्योऽस्य न भयं न चौरेभ्यो न राजतः।
अकिंचित् कस्यचित् कुर्वन् निर्भयः शुचिरावसेत् ॥ १५ ॥

जो किसीका कुछ बिगाड़ता नहीं है, उसे दुष्टों, चोरों अथवा राजासे भय नहीं होता। शुद्ध आचार-विचारवाला पुरुष सदा निर्भय रहता है ॥ १५ ॥

सर्वतः शङ्कते स्तेनो मृगो ग्राममिवेयिवान्।
बहुधाऽऽचरितं पापमन्यत्रैवानुपश्यति ॥ १६ ॥

गाँवोंमें आये हुए हिरणकी भाँति चोर सबसे डरता रहता है। वह अनेकों बार दूसरोंके साथ जैसा पापाचार कर चुका है, दूसरोंको भी वैसा ही पापाचारी समझता है ॥ १६ ॥

मुदितः शुचिरभ्येति सर्वतो निर्भयः सदा।
न हि दुश्चरितं किंचिदात्मनोऽन्येषु पश्यति ॥ १७ ॥

जिसका आचार विचार शुद्ध है, उसे कहींसे कोई खटका नहीं होता। वह सदा प्रसन्न एवं सब ओरसे निर्भय बना रहता है तथा वह अपना कोई दुष्कर्म दूसरोंमें नहीं देखता॥ १७ ॥

दातव्यमित्ययं धर्म उक्तो भूतहिते रतैः।
तं मन्यन्ते धनयुताः कृपणैः सम्प्रवर्तितम् ॥ १८ ॥

समस्त प्राणियोंके हितमें तत्पर रहनेवाले महात्माओंने 'दान करना चाहिये' ऐसा कहकर इसे धर्म बताया है; परंतु बहुत-से धनवान् उसे दरिद्रोंका चलाया हुआ धर्म समझते हैं ॥ १८ ॥

यदा नियतिकार्पण्यमथैषामेव रोचते।
न ह्यत्यन्तं धनवन्तो भवन्ति सुखिनोऽपि [illegible] ॥ १९ ॥

परंतु यदि भाग्यवश वे भी निर्धन या दर-दरके भिखारी हो जाते हैं, [illegible] समय उनको भी यह धर्म उत्तम जान पड़ता है; क्योंकि कोई भी न तो अत्यन्त धनवान् होते हैं और न अतिशय सुखी ही हुआ करते हैं (अतः धनका अभिमान नहीं करना चाहिये) ॥ १९ ॥

यदन्यैर्विहितं नेच्छेदात्मनः कर्म पूरुषः।
न तत् परेषु कुर्वीत जानन्नप्रियमात्मनः ॥ २० ॥

मनुष्य दूसरोंद्वारा किये हुए जिस व्यवहारको अपने लिये वाञ्छनीय नहीं मानता, दूसरोंके प्रति भी वह वैसा बर्ताव न करे। उसे यह जानना चाहिये कि जो बर्ताव अपने लिये अप्रिय है, वह दूसरोंके लिये भी प्रिय नहीं हो सकता ॥ २० ॥

योऽन्यस्य स्यादुपपतिः स कं किं वक्तुमर्हति।
यदन्यस्य ततः कुर्यान्न मृष्येदिति मे मतिः ॥ २१ ॥

जो स्वयं दूसरेके घरमें उपपति (जार) बनकर [illegible] है—परायी स्त्रीके साथ व्यभिचार करता है, वह दूसरेको वैसा ही कर्म करते देख किससे क्या कह सकता है? यदि दूसरोंको उसी प्रवृत्तिके कारण वह निन्दा करे तो वह पुरुष उनकी निन्दाको नहीं सह सकता—ऐसा मेरा विश्वास है ॥ २१ ॥

जीवितुं यः स्वयं चेच्छेत् कथं सोऽन्यं प्रघातयेत्।
यद् यदात्मनि चेच्छेत तत् परस्यापि चिन्तयेत् ॥ २२ ॥

जो स्वयं जीवित रहना चाहता हो, वह दूसरोंके प्राण कैसे ले सकता है? मनुष्य अपने लिये जो-जो सुख-सुविधा

चाहे, वही दूसरेके लिये भी सुलभ करानेकी बात सोचे ॥

अतिरिक्तैः संविभजेद् भोगैरन्यानकिंचनान्।
एतस्मात् कारणाद् धात्रा कुसीदं सम्प्रवर्तितम्॥ २३ ॥

जो अपनी आवश्यकतासे अधिक हो, उन भोगपदार्थोंको दूसरे दीन दुखियोंके लिये बाँट दे। इसीलिये विधाताने सूदपर धन देनेकी वृत्ति चलायी है ॥ २३ ॥

यस्मिंस्तु देवाः समये संतिष्ठेरंस्तथा भवेत्।
अथवा लाभसमये स्थितिर्धर्मेऽपि शोभना ॥ २४ ॥

जिस सन्मार्ग या मर्यादापर देवता स्थित होते हैं, उसीपर मनुष्यको भी स्थिर रहना चाहिये अथवा धन-लाभके समय धर्ममें स्थित रहना भी अच्छा है ॥ २४ ॥

सर्वं प्रियाभ्युपगतं धर्ममाहुर्मनीषिणः।
पश्यैतं लक्षणोद्देशं धर्माधर्मे युधिष्ठिर ॥ २५ ॥

युधिष्ठिर! सबके साथ प्रेमपूर्ण बर्ताव करनेसे जो कुछ होता है, वह सब धर्म है, ऐसा मनीषी पुरुषोंका कथन है और जो इसके विपरीत है, वह अधर्म है। तुम धर्म और अधर्मका संक्षेपसे यही लक्षण समझो ॥ २५ ॥

लोकसंग्रहसंयुक्तं विधात्रा विहितं पुरा।
सूक्ष्मधर्मार्थनियतं सतां चरितमुत्तमम् ॥ २६ ॥

विधाताने पूर्वकालमें सत्पुरुषोंके जिस उत्तम आचरणका विधान किया है, वह विश्वके कल्याणकी भावनासे युक्त है और उससे धर्म एवं अर्थके सूक्ष्म स्वरूपका ज्ञान होता है ॥

धर्मलक्षणमाख्यातमेतत् ते कुरुसत्तम।
तस्मादनार्जवे बुद्धिर्न ते कार्या कथंचन ॥ २७ ॥

कुरुश्रेष्ठ! यह मैंने तुमसे धर्मका लक्षण बताया है; अतः तुम्हें किसी तरह कुटिल मार्गमें अपनी बुद्धिको नहीं ले जाना चाहिये ॥ २७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि धर्मलक्षणे एकोनषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २५९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें धर्मका लक्षणविषयक दो सौ उनसठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २५९ ॥

षष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

युधिष्ठिरका धर्मकी प्रामाणिकतापर संदेह उपस्थित करना

युधिष्ठिर उवाच

सूक्ष्मं साधु समादिष्टं भवता धर्मलक्षणम्।
प्रतिभा त्वस्ति मे काचित् तां ब्रूयामनुमानतः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने कहा—पितामह! आपने धर्मका सूक्ष्म एवं सुन्दर लक्षण बताया है; परंतु मुझे कुछ और ही स्फुरित हो रहा है। अतः मैं उसके सम्बन्धमें अनुमानसे ही कुछ कहूँगा ॥ १ ॥

भूयांसो हृदये ये मे प्रश्नास्ते व्याहृतास्त्वया।
इमं त्वन्यत् प्रवक्ष्यामि न राजन् विग्रहादिव ॥ २ ॥

मेरे हृदयमें जो बहुत-से प्रश्न उठे थे, उन सबका निराकरण आपने कर दिया। महाराज! अब मैं यह दूसरा प्रश्न उपस्थित कर रहा हूँ। इसमें जिज्ञासा ही कारण है, दुराग्रह नहीं ॥ २ ॥

इमानि हि प्राणयन्ति सृजन्त्युत्तारयन्ति च।
न धर्मः परिपाठेन शक्यो भारत वेदितुम् ॥ ३ ॥

भरतनन्दन! धर्म ही इन प्राणियोंकी सृष्टि करते हैं। धर्म ही उनके जीवनधारण और उद्धारमें कारण होते हैं; परंतु धर्मको केवल वेदोंके पाठमात्रसे नहीं जाना जा सकता॥

अन्यो धर्मः समस्थस्य विषमस्थस्य चापरः।
आपदस्तु कथं शक्याः परिपाठेन वेदितुम् ॥ ४ ॥

जो मनुष्य अच्छी स्थितिमें है, उसका धर्म दूसरा है और जो संकटमें पड़ा हुआ है, उसका धर्म दूसरा ही है। केवल वेदोंके पाठसे आपद्धर्मका ज्ञान कैसे हो सकता है?॥४॥

सदाचारो मतो धर्मः सन्तस्त्वाचारलक्षणाः।
साध्यासाध्यं कथं शक्यं सदाचारो ह्यलक्षणः ॥ ५ ॥

आपके कथनानुसार सत्पुरुषोंका आचरण धर्म माना गया है और जिनमें धर्माचरण लक्षित होता है, वे ही सत्पुरुष हैं। ऐसी दशामें अन्योन्याश्रय दोष पड़नेके कारण साध्य और असाध्यका विवेक कैसे हो सकता है? ऐसी दशामें सदाचार धर्मका लक्षण नहीं हो सकता ॥ ५ ॥

दृश्यते हि धर्मरूपेणाधर्मं प्राकृतश्चरन्।
धर्मं चाधर्मरूपेण कश्चिदप्राकृतश्चरन् ॥ ६ ॥

इस लोकमें देखा जाता है कि कितने ही प्राकृत मनुष्य धर्म-से दिखायी देनेवाले अधर्मका आचरण करते हैं और कितने ही अप्राकृत (शिष्ट) पुरुष अधर्म प्रतीत होनेवाले धर्मका अनुष्ठान करते हैं (अतः केवल आचारसे धर्माधर्मका निर्णय नहीं हो सकता) ॥ ६ ॥

पुनरस्य प्रमाणं हि निर्दिष्टं शास्त्रकोविदैः।
वेदवादाश्चानुयुगं ह्रसन्तीतीह नः श्रुतम् ॥ ७ ॥

शास्त्रज्ञ पुरुषोंने धर्ममें वेदको ही प्रमाण बताया है; किंतु हमने सुना है कि युग-युगमें वेदोंका ह्रास होता है अर्थात् धर्मके सम्बन्धमें जो वेदोंका निश्चय है, वह प्रत्येक युगमें बदलता रहता है ॥ ७ ॥

अन्ये कृतयुगे धर्मास्त्रेतायां द्वापरे परे।
अन्ये कलियुगे धर्मा यथाशक्ति कृता इव ॥ ८ ॥

सत्ययुगके धर्म कुछ और हैं, त्रेता और द्वापरके धर्म

कुछ और ही हैं और कलियुगके धर्म कुछ और ही बताये गये हैं। मानो मुनियोंने लोगोंकी शक्तिके अनुसार ही धर्मकी व्यवस्था की है ॥ ८ ॥

आम्नायवचनं सत्यमित्ययं लोकसंग्रहः।
आम्नायेभ्यः पुनर्वेदाः प्रसृताः सर्वतोमुखाः ॥ ९ ॥

वेदोंका वचन सत्य है, यह कथन लोकरञ्जनमात्र है। वेदोंसे ही सर्वतोमुखी स्मृतियोंका प्रचार और प्रसार हुआ है॥

ते चेत् सर्वप्रमाणं वै प्रमाणं [illegible] विद्यते।
प्रमाणेऽप्यप्रमाणेन विरुद्धे शास्त्रता कुतः ॥ १० ॥

यदि सम्पूर्ण वेद प्रामाणिक हैं तो स्मृतियाँ भी प्रामाणिक हो सकती हैं; परंतु जब (युग-युगमें धर्मके विषयमें विभिन्न प्रकारकी बात कहनेसे) प्रमाणभूत वेद भी अप्रामाणिक हो तो वेदमूलक स्मृतियाँ भी प्रामाणिक नहीं रहेंगी। यदि स्मृतिका श्रुतिके साथ विरोध हो, तो उसमें शास्त्रत्व कैसे रह सकता है ? ॥ १० ॥

धर्मस्य क्रियमाणस्य बलवद्भिर्दुरात्मभिः।
या या विक्रियते संस्था ततः सापि प्रणश्यति ॥ ११ ॥

जब धर्मका अनुष्ठान हो रहा हो, उस समय बलवान् दुरात्माओंद्वारा उसमें जो-जो विकृति उत्पन्न की जाती है, उसके कारण उस धर्ममर्यादाका ही लोप हो जाता है ॥११॥

विद्म चैवं न वा विद्म शक्यं वा वेदितुं न वा।
अणीयान् क्षुरधाराया गरीयानपि पर्वतात् ॥ १२ ॥

हम धर्मको जानते हों या न जानते हों, धर्मस्वरूप जाना जा सकता हो या नहीं; इतना तो हम समझते ही हैं कि धर्म छूरेकी धारसे भी सूक्ष्म और पर्वतसे भी अधिक विशाल एवं भारी है ॥ १२ ॥

गन्धर्वनगराकारः प्रथमं सम्प्रदृश्यते।
अन्वीक्ष्यमाणः कविभिः पुनर्गच्छत्यदर्शनम् ॥ १३ ॥

धर्मके विषयमें जब आलोचना की जाती है, तब पहले तो वह गन्धर्वनगरके समान दिखायी देता है; फिर विद्वानोंद्वारा विशेष रूपसे विचार करनेपर यह प्रतीत होता है कि वह अदृश्य हो गया ॥ १३ ॥

निपानानीव गोभ्योऽपि क्षेत्रे कुल्ये च भारत।
स्मृतिर्हि शाश्वतो धर्मो विप्रहीणो न दृश्यते ॥ १४ ॥

भरतनन्दन ! जैसे बहुत-सी गौओंको पानी पिलानेसे निपान (क्षुद्र जलाशय) सूख जाते हैं तथा जैसे अधिक खेतोंकी सिंचाई करनेसे नहरोंका पानी निघट जाता है, उसी प्रकार सनातन वैदिक धर्म अथवा स्मृति-शास्त्र धीरे-धीरे क्षीण होकर कलियुगके अन्तिम भागमें दिखायी ही नहीं देता है ॥

कामादन्येच्छया चान्ये कारणैरपरैस्तथा।
असन्तोऽपि वृथाचारं भजन्ते बहवोऽपरे ॥ १५ ॥

क्योंकि उस समय कुछ लोग स्वार्थवश, दूसरे लोग दूसरोंकी इच्छासे तथा अन्य मनुष्य अन्यान्य कारणोंसे धर्माचरण करते हैं और बहुत से असाधु पुरुष भी व्यर्थ धर्माचरणका ढोंग फैला लेते हैं ॥ १५ ॥

धर्मो भवति स क्षिप्रं प्रलापस्त्वेव साधुषु।
अथैतानाहुरुन्मत्तानपि चावहसन्त्युत ॥ १६ ॥

उन दिनों लोगोंद्वारा प्रायः सकामभावसे ही धर्मका आचरण होता देखा जाता है। श्रेष्ठ पुरुषोंमें जो यथार्थ धर्म होता है, वह शीघ्र ही मूढ मनुष्योंकी दृष्टिमें प्रलापमात्र सिद्ध होता है। वे मूढ उन धर्मात्मा पुरुषोंको पागल कहते और उनकी हँसी उड़ाते हैं ॥ १६ ॥

महाजना ह्युपावृत्ता राजधर्मं समाश्रिताः।
[illegible] हि सर्वहितः कश्चिदाचारः सम्प्रवर्तते ॥ १७ ॥

आचार्य द्रोण-जैसे महापुरुष भी स्वधर्मसे हटकर क्षत्रिय धर्मका आश्रय लेते हैं; अतः कोई भी आचार ऐसा नहीं है, जो सबके लिये समानरूपसे हितकर या सबके द्वारा समानरूपसे पालित हो ॥ १७ ॥

तेनैवान्यः प्रभवति सोऽपरं बाधते पुनः।
दृश्यते चैव स पुनस्तुल्यरूपो यदृच्छया ॥ १८ ॥

यह भी देखा जाता है कि उसी धर्मके आचरणसे विश्वामित्र आदि अन्य महापुरुषोंने उन्नति प्राप्त की है तथा रावणादि निशाचर उसी धर्मके बलसे दूसरोंको पीड़ा देते हैं एवं कश्यप आदि अनेक महर्षि ईश्वरकी इच्छासे उसी धर्मके द्वारा सदा एक-सी स्थितिमें दिखायी देते हैं ॥ १८ ॥

येनैवान्यः प्रभवति सोऽपरानपि बाधते।
आचाराणामनैकाग्र्यं सर्वेषामुपलक्षयेत् ॥ १९ ॥

जिस धर्मको अपनाकर एक व्यक्ति उन्नति करता है, उसीसे दूसरा दूसरोंको पीड़ा देता है; अतः सबके लिये आचारोंकी एकरूपता कोई नहीं दिखा सकता ॥१९॥

चिराभिपन्नः कविभिः पूर्वं धर्म उदाहृतः।
तेनाचारेण पूर्वेण संस्था भवति शाश्वती ॥ २० ॥

आपने पहले उसी धर्मका वर्णन किया है, जिसे विद्वान् लोग चिरकालसे धारण करते चले आ रहे हैं। मैं भी यही समझता हूँ कि [illegible] पूर्वप्रचलित धर्मके आचरणद्वारा ही समाजकी मर्यादा दीर्घकालतक टिकी रहती है ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि धर्मप्रामाण्याक्षेपे षष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६० ॥

[illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें धर्मकी प्रामाणिकतापर आक्षेपविषयक दो सौ साठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥२६०॥

एकषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

जाजलिकी घोर तपस्या, सिरपर जटाओंमें पक्षियोंके घोंसला बनानेसे उनका अभिमान और आकाशवाणीकी प्रेरणासे [illegible] तुलाधार वैश्यके पास जाना

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
तुलाधारस्य वाक्यानि धर्मे जाजलिना [illegible] ॥ १ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! धर्मके विषयमें जाजलिके [illegible] तुलाधार वैश्यकी जो बातें हुई थीं, उसी प्राचीन इतिहासका विद्वान् पुरुष यहाँ उदाहरण दिया करते हैं ॥ १ ॥

वने वनचरः कश्चिज्जाजलिर्नाम वै द्विजः ।
सागरोद्देशमागम्य तपस्तेपे महातपाः ॥ २ ॥

प्राचीन कालमें जाजलि नामसे प्रसिद्ध एक [illegible] थे, जो वनमें ही रहते और विचरते थे । उन महातपस्वी जाजलिने समुद्रके तटपर जाकर बड़ी भारी तपस्या की ॥२॥

नियतो नियताहारश्चीराजिनजटाधरः ।
मलपङ्कधरो धीमान् बहून् वर्षगणान् मुनिः ॥ ३ ॥

वे नियमसे रहते, नियमित भोजन करते और वल्कल, मृगचर्म एवं जटा धारण किया करते थे । वे बुद्धिमान् मुनि बहुत वर्षोंतक शरीरपर मैल और कीचड़ धारण किये खड़े रहे ॥ ३ ॥

स कदाचिन्महातेजा जलवासो महीपते ।
चचार लोकान् विप्रर्षिः प्रेक्षमाणो मनोजवः ॥ ४ ॥

राजन्! फिर किसी समय समुद्रतटस्थ जलयुक्त प्रदेशमें निवास करनेवाले वे महातेजस्वी विप्रर्षि सम्पूर्ण लोकोंको देखनेके लिये मनके समान तीव्र गतिसे विचरण करने लगे ॥ ४ ॥

[illegible] चिन्तयामास मुनिर्जलवासे कदाचन ।
विप्रेक्ष्य सागरान्तां वै महीं सवनकाननाम् ॥ ५ ॥

वन और काननोंसहित समुद्रपर्यन्त पृथ्वीका निरीक्षण करके समुद्रतटवर्ती [illegible] प्रदेशमें निवास करते [illegible] जाजलि मुनि कभी इस प्रकार विचार करने लगे ॥ ५ ॥

न [illegible] सदृशोऽस्तीह लोके स्थावरजङ्गमे ।
अप्सु वैहायसं गच्छेन्मया योऽन्यः सहेति वै ॥ ६ ॥

इस चराचर जगत्‌में मेरे सिवा ऐसा कोई दूसरा मनुष्य नहीं है, जो मेरे साथ जलमें विचरने और आकाशमें घूमने-फिरनेकी शक्ति [illegible] हो ॥ ६ ॥

अदृश्यमानो रक्षोभिर्जलमध्ये वदंस्तथा ।
अब्रुवंश्च पिशाचास्तं नैवं त्वं वक्तुमर्हसि ॥ [illegible] ॥

राक्षसोंसे अदृश्य रहकर जलयुक्त प्रदेशमें निवास करनेवाले जाजलि मुनिने जब इस प्रकार कहा, तब [illegible] पिशाचोंने उनसे कहा, 'मुने! तुम्हें ऐसी बात नहीं कहनी चाहिये [illegible]

तुलाधारो वणिग्धर्मा वाराणस्यां [illegible] ।
सोऽप्येवं नार्हते वक्तुं [illegible] त्वं द्विजसत्तम ॥ ८ ॥

'द्विजश्रेष्ठ! काशीमें महायशस्वी तुलाधार रहते हैं, जो वणिक्-धर्मका पालन करते हैं; किंतु वे भी ऐसी [illegible] नहीं कह सकते, जैसी आज आप कह रहे हैं' ॥ ८ ॥

इत्युक्तो जाजलिर्भूतैः प्रत्युवाच महातपाः ।
पश्येयं तमहं प्राज्ञं तुलाधारं यशस्विनम् ॥ ९ ॥

उन अदृश्य भूतोंके ऐसा कहनेपर महातपस्वी जाजलिने उनसे कहा—'क्या मैं उन ज्ञानी एवं यशस्वी तुलाधारका दर्शन कर सकता हूँ' ॥ ९ ॥

इति ब्रुवाणं तमृषिं रक्षांस्युद्धृत्य सागरात् ।
अब्रुवन् गच्छ पन्थानमास्थायेमं द्विजोत्तम ॥ १० ॥

ऐसा कहते हुए उन महर्षिको समुद्रतटवर्ती जलप्रदेशसे बाहर निकालकर राक्षसोंने उनसे कहा—'द्विजश्रेष्ठ! इस मार्ग[illegible] आश्रय लेकर काशीपुरी चले जाइये' ॥ १० ॥

इत्युक्तो जाजलिर्भूतैर्जगाम विमनास्तदा ।
वाराणस्यां तुलाधारं समासाद्याब्रवीदिदम् ॥ ११ ॥

उन अदृश्य भूतोंके ऐसा कहनेपर जाजलि मुनि उदास होकर काशीमें गये और तुलाधारके पास पहुँचकर उनसे इस [illegible] बोले ॥ ११ ॥

युधिष्ठिर उवाच

किं कृतं दुष्करं [illegible] कर्म जाजलिना पुरा ।
येन सिद्धिं परां प्राप्तस्तन्मे व्याख्यातुमर्हसि ॥ १२ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—तात! पूर्वकालमें जाजलिने कौन-[illegible] ऐसा दुष्कर कार्य किया था, जिससे वे परम सिद्धिको [illegible] हो गये, यह मुझे विस्तारपूर्वक बतानेकी कृपा करें ॥ १२ ॥

भीष्म उवाच

अतीव [illegible] युक्तो घोरेण [illegible] बभूव ह ।
तथोपस्पर्शनरतः सायं प्रातर्महातपाः ॥ १३ ॥
अग्नीन् परिचरन् सम्यक् स्वाध्यायपरमो द्विजः ।
वानप्रस्थविधानज्ञो जाजलिर्ज्वलितः श्रिया ॥ १४ ॥

भीष्मजीने कहा—बेटा! जाजलि मुनि महान् तपस्वी थे और अत्यन्त घोर तपस्यामें लगे हुए थे । वे प्रतिदिन सायंकाल और प्रातःकाल स्नान एवं संध्योपासना करके विधिपूर्वक अग्निहोत्र करते और वेदोंके स्वाध्यायमें तत्पर रहते थे । ब्रह्मर्षि जाजलि वानप्रस्थके धर्मकी विधिको जानने और पालनेवाले थे, वे अपने तेजसे प्रज्वलित हो रहे थे ॥ १३-१४ ॥

वने तपस्यतिष्ठत् स [illegible] च धर्ममवैक्षत ।
वर्षास्वाकाशशायी च हेमन्ते जलसंश्रयः ॥ १५ ॥
वातातपसहो ग्रीष्मे न च धर्ममविन्दत ।
दुःखशय्याश्च विविधा भूमौ च परिवर्तते ॥ १६ ॥

वे वनमें रहकर तपस्यामें ही लगे रहते, किंतु अपने धर्मकी कभी अवहेलना नहीं करते थे । वे वर्षाके दिनोंमें

खुले आकाशके नीचे सोते और हेमन्त ऋतुमें पानीके भीतर बैठा करते थे। इसी तरह गर्मीके महीनोंमें कड़ी धूप और लूका कष्ट सहते थे; परंतु उनको वास्तविक धर्मका ज्ञान नहीं हुआ। वे पृथ्वीपर ही लोटते और तरह तरहसे इस प्रकार सोते, जिससे दुःख और कष्टका ही अधिक अनुभव होता था॥

ततः कदाचित् स मुनिर्वर्षास्वाकाशमास्थितः।
अन्तरिक्षाज्जलं मूर्ध्ना प्रत्यगृह्णान्मुहुर्मुहुः॥ १७॥

तदनन्तर किसी समय वर्षा-ऋतु आनेपर वे मुनि खुले आकाशके नीचे खड़े हो गये और आकाशसे जो जलकी मूसलाधार वृष्टि होती थी, उसके आघातको बारबार अपने मस्तकपर ही सहने लगे॥ १७॥

अथ तस्य जटाः क्लिन्ना बभूवुर्ग्रथिताः प्रभो।
अरण्यगमनान्नित्यं मलिनोऽमलसंयुतः॥ १८॥

प्रभो! उनके सिरके बाल बराबर भींगे रहनेके [illegible] जटाके रूपमें परिणत हो गये। सदा वनमें ही विचरण करनेके कारण उनके शरीरपर मैल जम गयी थी; परंतु उनका अन्तःकरण निर्मल हो गया था॥ १८॥

स कदाचिन्निराहारो वायुभक्षो महातपाः।
तस्थौ काष्ठवदव्यग्रो न चचाल च कर्हिचित्॥ १९॥

एक समयकी बात है, वे महातपस्वी जाजलि निराहार रहकर वायु-भक्षण करते हुए काठकी भाँति खड़े हो गये, उस समय उनके चित्तमें तनिक भी व्यग्रता नहीं थी और वे क्षणभरके लिये भी कभी विचलित नहीं होते थे॥ १९॥

तस्य स्म स्थाणुभूतस्य निर्विचेष्टस्य भारत।
कुलिङ्गशकुनौ राजन् नीडं शिरसि चक्रतुः॥ २०॥

भरतनन्दन! वे चेष्टाशून्य होनेके कारण किसी ठूँठे पेड़के समान जान पड़ते थे। राजन्! उस समय उनके सिरपर गौरैया पक्षीके एक जोड़ेने अपने रहनेके लिये एक घोंसला बना लिया॥ २०॥

स तौ दयावान् ब्रह्मर्षिरुपप्रैक्षत दम्पती।
कुर्वाणौ नीडकं तत्र जटासु तृणतन्तुभिः॥ २१॥

वे विप्रर्षि बड़े दयालु थे, इसलिये उन्होंने उन दोनों पक्षियोंको तिनकोंसे अपनी जटाओंमें घोंसला बनाते देखकर भी उनकी उपेक्षा कर दी—उन्हें हटाने या उड़ानेकी कोई चेष्टा नहीं की॥ २१॥

यदा न [illegible] चलत्येव स्थाणुभूतो महातपाः।
ततस्तौ सुखविश्वस्तौ सुखं तत्रोषतुस्तदा॥ २२॥

[illegible] वे महातपस्वी ठूँठे काठके समान होकर जरा भी हिले-डुले नहीं, तब अच्छी तरह विश्वास जम जानेके कारण वे दोनों पक्षी वहाँ बड़े सुखसे रहने लगे॥ २२॥

अतीतास्वथ वर्षासु शरत्काल उपस्थिते।
प्राजापत्येन विधिना विश्वासात् काममोहितौ॥ २३॥
तत्रापातयतां राजन् शिरस्यण्डानि खेचरौ।
तान्यबुध्यत तेजस्वी स विप्रः संशितव्रतः॥ २४॥

राजन्! धीरे-धीरे वर्षा-ऋतु बीत गयी और शरत्काल उपस्थित हुआ। उस समय कामसे मोहित होकर उन गौरैयों ने संतानोत्पादनकी विधिसे परस्पर समागम किया और विश्वासके कारण महर्षिके सिरपर ही अण्डे दिये। कठोर व्रतका पालन करनेवाले उन तेजस्वी ब्राह्मणको यह मालूम हो गया कि पक्षियोंने मेरी जटाओंमें अण्डे दिये हैं॥ २३-२४॥

बुद्ध्वा च स महातेजा न चचाल च जाजलिः।
धर्मे कृतमना नित्यं नाधर्मं स त्वरोचयत्॥ २५॥

इस बातको जानकर भी महातेजस्वी जाजलि विचलित नहीं हुए। उनका मन सदा धर्ममें लगा रहता था; अतः उन्हें अधर्मका कार्य पसंद नहीं था॥ २५॥

अहन्यहनि चागत्य ततस्तौ तस्य मूर्धनि।
आश्वासितौ निवसतः सम्प्रहृष्टौ तदा विभो॥ २६॥

प्रभो! चिड़ियोंके वे जोड़े प्रतिदिन चारा चुगनेके लिये जाते और फिर लौटकर उनके मस्तकपर ही बसेरा लेते थे, वहाँ उन्हें बड़ा आश्वासन मिलता था और वे बहुत प्रसन्न रहते थे॥

अण्डेभ्यस्त्वथ पुष्टेभ्यः प्राजायन्त शकुन्तकाः।
व्यवर्धन्त च तत्रैव न चाकम्पत जाजलिः॥ २७॥

अण्डोंके पुष्ट होनेपर उन्हें फोड़कर बच्चे बाहर निकले और वहीं पलकर बड़े होने लगे, तथापि जाजलि मुनि हिले डुले नहीं॥

स रक्षमाणस्त्वण्डानि कुलिङ्गानां धृतव्रतः।
तथैव तस्थौ धर्मात्मा निर्विचेष्टः समाहितः॥ २८॥

दृढ़तापूर्वक व्रतका पालन करनेवाले वे एकाग्रचित्त धर्मात्मा मुनि उन पक्षियोंके अण्डोंकी रक्षा करते हुए पूर्ववत् निश्चेष्टभावसे खड़े रहे॥ २८॥

ततस्तु कालसमये बभूवुस्तेऽथ पक्षिणः।
बुबुधे तांस्तु [illegible] मुनिर्जातपक्षान् कुलिङ्गकान्॥ २९॥

तदनन्तर कुछ समय बीतनेपर उन सब बच्चोंके पर निकल आये, मुनिको यह बात मालूम हो गयी कि चिड़ियोंके इन बच्चोंके पंख निकल आये हैं॥ २९॥

ततः कदाचित् तांस्तत्र पश्यन् पक्षीन् यतव्रतः।
बभूव परमप्रीतस्तदा मतिमतां वरः॥ ३०॥
[illegible] तानपि संवृद्धान् दृष्ट्वा चाप्नुवतां मुदम्।
शकुनौ निर्भयौ तत्र ऊषतुश्चात्मजैः सह॥ ३१॥

संयमपूर्वक व्रतके पालनमें तत्पर रहनेवाले बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ जाजलि किसी दिन वहाँ उन पंखधारी बच्चोंको उड़ते देख बड़े प्रसन्न हुए तथा अपने बच्चोंको बड़ा हुआ देख वे दोनों पक्षी भी बड़े आनन्दका अनुभव करने लगे और अपनी संतानोंके साथ निर्भय होकर वहीं रहने लगे॥ ३०-३१॥

जातपक्षांश्च सोऽपश्यदुड्डीनान् पुनरागतान्।
सायं सायं द्विजान् विप्रो न चाकम्पत जाजलिः॥ ३२॥

बच्चोंके पंख हो गये थे, इसलिये वे दिनमें चारा चुगनेके लिये उड़कर निकल जाते और प्रतिदिन शामको फिर वहीं लौट आते थे। ब्राह्मणप्रवर जाजलि उन पक्षियोंको [illegible]

मुनि जाजलिकी तपस्या

प्रकार आते-आते देखते, परंतु हिलते-डुलते नहीं थे ॥ ३२ ॥

कदाचित् पुनरभ्येत्य पुनर्गच्छन्ति संततम्।
त्यक्ता मातापितृभ्यां ते न चाकम्पत जाजलिः ॥ ३३ ॥

किसी समय माता-पिता उनको छोड़कर उड़ गये। अब वे बच्चे कभी आकर फिर चले जाते और जाकर फिर चले आते थे, इस प्रकार वे सदा आने-जाने लगे। उस समयतक जाजलि मुनि हिले-डुले नहीं ॥ ३३ ॥

[illegible] ते दिवसं चापि गत्वा सायं पुनर्नृप।
उपावर्तन्त तत्रैव निवासार्थं शकुन्तकाः ॥ ३४ ॥

नरेश्वर! अब वे पक्षी दिनभर चरनेके लिये चले जाते और शामको पुनः बसेरा लेनेके लिये वहीं आते थे ॥ ३४ ॥

कदाचिद् दिवसान् [illegible] समुत्पत्य विहङ्गमाः।
षष्ठेऽहनि समाजग्मुर्नैवाकम्पत जाजलिः ॥ ३५ ॥

कभी-कभी वे विहङ्गम उड़कर पाँच-पाँच दिनतक बाहर ही रह जाते और छठे दिन वहाँ लौटते थे, तबतक भी जाजलि मुनि हिले-डुले नहीं ॥ ३५ ॥

क्रमेण च पुनः सर्वे दिवसान् सुबहूनथ।
नोपावर्तन्त शकुना जातप्राणाः स्म ते यदा ॥ ३६ ॥

फिर क्रमशः वे सब पक्षी बहुत दिनोंके लिये जाने और आने लगे, अब वे हृष्ट-पुष्ट और बलवान् हो गये थे। [illegible] बाहर निकल जानेपर जल्दी नहीं लौटते थे ॥ ३६ ॥

कदाचिन्मासमात्रेण समुत्पत्य विहङ्गमाः।
नैवागच्छंस्ततो राजन् प्रातिष्ठत स जाजलिः ॥ ३७ ॥

राजन्! एक समय वे आकाशचारी पक्षी उड़ जानेके बाद एक मासतक लौटकर नहीं आये, तब जाजलि मुनि वहाँसे अन्यत्र चल दिये ॥ ३७ ॥

ततस्तेषु प्रलीनेषु जाजलिर्जातविस्मयः।
सिद्धोऽस्मीति मतिं चक्रे ततस्तं मान आविशत् ॥ ३८ ॥

उन पक्षियोंके अदृश्य हो जानेपर जाजलिको बड़ा विस्मय हुआ, वे मन-ही मन यह मानने लगे कि [illegible] सिद्ध हो गया, फिर तो उनके भीतर अहंकार [illegible] गया ॥ ३८ ॥

स [illegible] निर्गतान् दृष्ट्वा शकुन्तान् नियतव्रतः।
सम्भावितात्मा सम्भाव्य भृशं प्रीतमनाऽभवत् ॥ ३९ ॥

नियमपूर्वक व्रतका पालन करनेवाले वे सम्भावितात्मा महर्षि उन पक्षियोंको इस प्रकार गया हुआ देख अपनी सिद्धिकी सम्भावना करके मन-ही-मन बड़े प्रसन्न हुए ॥ ३९ ॥

स नद्यां समुपस्पृश्य तर्पयित्वा हुताशनम्।
उदयन्तमथादित्यमुपातिष्ठन्महातपाः ॥ ४० ॥

फिर नदीके तटपर जाकर उन महातपस्वी मुनिने स्नान किया और सन्ध्या तर्पणके पश्चात् अग्निहोत्रके द्वारा अग्निदेवको [illegible] करके उगते हुए सूर्यका उपस्थान किया ॥ ४० ॥

सम्भाव्य चटकान् मूर्ध्नि जाजलिर्जपतां वरः।
आस्फोटयत् तथाऽऽकाशे धर्मः प्राप्तो मयेति वै ॥ ४१ ॥

जप करनेवालोंमें श्रेष्ठ जाजलि अपने मस्तकपर चिड़ियोंके पैदा होने और बढ़ने आदिकी बातें याद करके अपनेको महान् धर्मात्मा समझने लगे और आकाशमें मानो ताल ठोंकते हुए [illegible] वाणीमें बोले, मैंने धर्मको प्राप्त कर लिया ॥ ४१ ॥

अथान्तरिक्षे वागासीत् तां च शुश्राव जाजलिः।
धर्मेण न समस्त्वं वै तुलाधारस्य जाजले ॥ ४२ ॥
वाराणस्यां महाप्राज्ञस्तुलाधारः प्रतिष्ठितः।
सोऽप्येवं नार्हते वक्तुं यथा त्वं भाषसे द्विज ॥ ४३ ॥

इतनेहीमें आकाशवाणी हुई[1]—'जाजले! तुम धर्ममें तुलाधारके समान नहीं हो, काशीपुरीमें महाज्ञानी तुलाधार वैश्य प्रतिष्ठित हैं। विप्रवर! वे तुलाधार भी ऐसी बात नहीं कह सकते, जैसी तुम कह रहे हो।' जाजलिने [illegible] आकाशवाणीको सुना ॥ ४२-४३ ॥

सोऽमर्षवशमापन्नस्तुलाधारदिदृक्षया ।
पृथिवीमचरद् राजन् [illegible] सायंगृहो मुनिः ॥ ४४ ॥

राजन्! इससे वे अमर्षके वशीभूत हो गये और वे तुलाधारको देखनेके लिये पृथ्वीपर विचरने लगे। जहाँ सन्ध्या होती, वहीं वे मुनि टिक जाते थे ॥ ४४ ॥

कालेन महतागच्छत् स तु वाराणसीं पुरीम्।
विक्रीणन्तं [illegible] पण्यानि तुलाधारं ददर्श सः ॥ ४५ ॥

इस प्रकार दीर्घकालके पश्चात् वे वाराणसी पुरीमें जा पहुँचे, वहाँ उन्होंने तुलाधारको सौदा बेचते देखा ॥ ४५ ॥

सोऽपि दृष्ट्वैव तं विप्रमायान्तं भाण्डजीवनः।
समुत्थाय सुसंहृष्टः स्वागतेनाभ्यपूजयत् ॥ ४६ ॥

विविध पदार्थोंके क्रय विक्रयसे जीवन-निर्वाह करनेवाले तुलाधार भी ब्राह्मणको आते देख तुरंत ही उठकर खड़े हो गये और बड़े हर्षके साथ आगे बढ़कर उन्होंने ब्राह्मणका स्वागत-सत्कार किया ॥ ४६ ॥

तुलाधार उवाच

आयानेवासि विदितो [illegible] ब्रह्मन् [illegible] संशयः।
ब्रवीमि यत् [illegible] वचनं तच्छृणुष्व द्विजोत्तम ॥ [illegible] ॥

तुलाधारने कहा—ब्रह्मन्! आप मेरे [illegible] आ रहे हैं, यह बात मुझे पहले ही मालूम हो गयी थी, इसमें संशय नहीं है। द्विजश्रेष्ठ! अब जो कुछ मैं कहता हूँ, उसे ध्यान देकर सुनिये ॥ ४७ ॥

सागरानूपमाश्रित्य तपस्तप्तं [illegible] महत्।
[illegible] च धर्मस्य संज्ञां त्वं पुरा वेत्थ कथंचन ॥ [illegible] ॥

आपने सागरके तटपर [illegible] प्रदेशमें रहकर बड़ी भारी तपस्या की है, परंतु पहले कभी किसी तरह आपको यह बोध नहीं हुआ था कि मैं बड़ा धर्मवान् हूँ ॥ ४८ ॥

ततः सिद्धस्य [illegible] विप्र शकुन्तकाः।

१. इसी अध्यायमें पहले अदृश्य भूत-पिशाचोंके द्वारा उपर्युक्त [illegible] गया है। यहाँ उसीको आकाशवाणी बतला रहे हैं।

क्षिप्रं शिरस्यजायन्त ते च सम्भावितास्त्वया ॥ ४९ ॥

विप्रवर ! जब आप तपस्यासे सिद्ध हो गये, तब पक्षियोंने शीघ्र ही आपके सिरपर अण्डे दिये और उनसे बच्चे पैदा हुए; आपने उन सबकी भलीभाँति रक्षा की ॥ ४९ ॥

जातपक्षा यदा ते च गताश्चारीमितस्ततः ।
मन्यमानस्ततो धर्मं चटकप्रभवं द्विज ॥ ५० ॥

ब्रह्मन् ! जब उनके पर निकल आये और वे चारा चुगनेके लिये उड़कर इधर-उधर चले गये, तब उन पक्षियोंके पालनजनित धर्मको आप बहुत बड़ा मानने लगे ॥ ५० ॥

खे वाचं त्वमथाश्रौषीर्मां प्रति द्विजसत्तम ।
अमर्षवशमापन्नस्ततः प्राप्तो भवानिह ।
करवाणि प्रियं किं ते तद् ब्रूहि द्विजसत्तम ॥ ५१ ॥

द्विजश्रेष्ठ ! उसी समय मेरे विषयमें आकाशवाणी हुई, जिसे आपने सुना और सुनते ही अमर्षके वशीभूत होकर आप यहाँ मेरे पास चले आये । विप्रवर ! बताइये, मैं आपका कौन-सा प्रिय कार्य करूँ ? ॥ ५१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि तुलाधारजाजलिसंवादे एकषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें तुलाधार-जाजलि-संवादविषयक दो सौ एकसठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६१ ॥

द्विषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

जाजलि और तुलाधारका धर्मके विषयमें संवाद

भीष्म उवाच

इत्युक्तः स तदा तेन तुलाधारेण धीमता ।
प्रोवाच वचनं धीमाञ्जाजलिर्जपतां वरः ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! उस समय बुद्धिमान् तुलाधारके इस प्रकार कहनेपर जप करनेवालोंमें श्रेष्ठ मतिमान् जाजलिने यह बात कही ॥ १ ॥

जाजलिरुवाच

विक्रीणतः सर्वरसान् सर्वगन्धांश्च वाणिज ।
वनस्पतीनोषधीश्च तेषां मूलफलानि च ॥ २ ॥

जाजलि बोले—वैश्यपुत्र ! तुम तो सब प्रकारके रस, गन्ध, वनस्पति, ओषधि, मूल और फल आदि बेचा करते हो ॥ २ ॥

अध्यगा नैष्ठिकीं बुद्धिं कुतस्त्वामिदमागतम् ।
एतदाचक्ष्व मे सर्वं निखिलेन महामते ॥ ३ ॥

महामते ! तुम्हें यह धर्ममें निष्ठा रखनेवाली बुद्धि कहाँसे प्राप्त हुई ? तुम्हें यह ज्ञान कैसे सुलभ हुआ ? यह सब पूर्णरूपसे मुझे बताओ ॥ ३ ॥

भीष्म उवाच

एवमुक्तस्तुलाधारो ब्राह्मणेन यशस्विना ।
उवाच धर्मसूक्ष्माणि वैश्यो धर्मार्थतत्त्ववित् ॥ ४ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! यशस्वी ब्राह्मण जाजलिके इस प्रकार पूछनेपर धर्म और अर्थके तत्त्वको जाननेवाले तुलाधार वैश्यने उन्हें धर्म-सम्बन्धी सूक्ष्म बातोंको इस तरह बताना आरम्भ किया ॥ ४ ॥

तुलाधार उवाच

वेदाहं जाजले धर्मं सरहस्यं सनातनम् ।
सर्वभूतहितं मैत्रं पुराणं यं जना विदुः ॥ ५ ॥

तुलाधार बोले—जाजले ! जो समस्त प्राणियोंके लिये हितकारी और सबके प्रति मैत्रीभावकी स्थापना करनेवाला है, जिसे सब लोग पुरातन धर्मके रूपमें जानते हैं, गूढ़ रहस्योंसहित उस सनातन धर्मका मुझे ज्ञान है ॥ ५ ॥

अद्रोहेणैव भूतानामल्पद्रोहेण वा पुनः ।
या वृत्तिः स परो धर्मस्तेन जीवामि जाजले ॥ ६ ॥

जिसमें किसी भी प्राणीके साथ द्रोह न करना पड़े अथवा कम-से-कम द्रोह करनेसे काम चल जाय, ऐसी जो जीवन वृत्ति है, वही उत्तम धर्म है । जाजले ! मैं उसीसे जीवननिर्वाह करता हूँ ॥ ६ ॥

परच्छिन्नैः काष्ठतृणैर्मयेदं शरणं कृतम् ।
अलक्तं पद्मकं तुङ्गं गन्धांश्चोच्चावचांस्तथा ॥ ७ ॥

मैंने दूसरोंके द्वारा काटे गये काठ और घास फूससे यह घर तैयार किया है । अलक्तक (वृक्षविशेषकी छाल), पद्मक (पद्माख), तुङ्गकाष्ठ तथा चन्दनादि गन्धद्रव्य एवं अन्य छोटी-बड़ी वस्तुओंको मैं दूसरोंसे खरीदकर बेचता हूँ ॥ ७ ॥

रसांश्च तांस्तान् विप्रर्षे मद्यवर्ज्यान् बहूनहम् ।
क्रीत्वा वै प्रतिविक्रीणे परहस्तादमायया ॥ ८ ॥

विप्रर्षे ! मेरे यहाँ मदिरा नहीं बेची जाती, उसे छोड़कर बहुत-से पीनेयोग्य रसोंको दूसरोंसे खरीदकर बेचता हूँ । माल बेचनेमें छल-कपट एवं असत्यसे काम नहीं लेता ॥ ८ ॥

सर्वेषां यः सुहृन्नित्यं सर्वेषां च हिते रतः ।
कर्मणा मनसा वाचा स धर्मं वेद जाजले ॥ ९ ॥

जाजले ! जो सब जीवोंका सुहृद् होता और मन, वाणी तथा क्रियाद्वारा सदा सबके हितमें लगा रहता है, वही वास्तवमें धर्मको जानता है ॥ ९ ॥

नानुरुद्ध्ये विरुध्ये वा न द्वेष्मि न च कामये ।
समोऽहं सर्वभूतेषु पश्य मे जाजले व्रतम् ।
तुला मे सर्वभूतेषु समा तिष्ठति जाजले ॥ १० ॥

मैं न किसीसे अनुरोध करता हूँ, न विरोध करता हूँ और न कहीं मेरा द्वेष है, न किसीसे कुछ कामना करता हूँ । समस्त प्राणियोंके प्रति मेरा समभाव है । जाजले ! यही मेरा व्रत और नियम है, इसपर दृष्टिपात करो । जाजले ! मेरी तराजू सब मनुष्योंके लिये सम है—सबके लिये बराबर तौलती है ।

वैश्य तुलाधारके द्वारा मुनि जाजलिका सत्कार

नाहं परेषां कृत्यानि प्रशंसामि न गर्हये ।
आकाशस्येव विप्रेन्द्र पश्यँल्लोकस्य चित्रताम् ॥ ११ ॥

विप्रवर ! मैं आकाशकी भाँति असङ्ग रहकर जगत्के कार्योंकी विचित्रताको देखता हुआ दूसरोंके कार्योंकी न तो प्रशंसा करता हूँ और न निन्दा ही ॥ ११ ॥

इति मां त्वं विजानीहि सर्वलोकस्य जाजले ।
समं मतिमतां श्रेष्ठ समलोष्टाश्मकाञ्चनम् ॥ १२ ॥

बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ जाजले ! इस प्रकार तुम मुझे सब लोगोंके प्रति समता रखनेवाला और मिट्टीके ढेले, पत्थर [illegible] सुवर्णको समान समझनेवाला जानो ॥ १२ ॥

यथान्धबधिरोन्मत्ता उच्छ्वासपरमाः सदा ।
देवैरपिहितद्वाराः सोपमा पश्यतो [illegible] ॥ १३ ॥

जैसे अन्धे, बहरे और उन्मत्त (पागल) मनुष्य, जिनके नेत्र, कान आदि द्वार देवताओंने सदाके लिये बंद कर दिये हैं, सदा केवल साँस लेते रहते हैं, मुझ द्रष्टा पुरुषकी भी वैसी ही उपमा है (अर्थात् मैं देखकर भी नहीं देखता, सुनकर भी नहीं सुनता और विषयोंकी ओर मन नहीं ले जाता, केवल साक्षीरूपसे देखता हुआ श्वास-प्रश्वासमात्रकी क्रिया करता रहता हूँ) ॥ १३ ॥

[illegible] वृद्धातुरकृशा निःस्पृहा विषयान् प्रति ।
तथार्थकामभोगेषु ममापि विगता स्पृहा ॥ १४ ॥

जैसे वृद्ध, रोगी और दुर्बल मनुष्य विषयभोगोंकी स्पृहा नहीं रखते, उसी प्रकार मेरे मनसे भी धन और विषय-भोगोंकी इच्छा दूर हो गयी है ॥ १४ ॥

[illegible] चायं न बिभेति यदा चास्मान्न बिभ्यति ।
यदा नेच्छति [illegible] द्वेष्टि [illegible] सम्पद्यते तदा ॥ १५ ॥

जब यह पुरुष दूसरेसे भयभीत नहीं होता, जब दूसरे प्राणी भी इससे भयभीत नहीं होते तथा जब यह न तो किसीकी इच्छा रखता है और न किसीसे द्वेष ही करता है, तब ब्रह्मभावको [illegible] हो जाता है ॥ १५ ॥

यदा न कुरुते भावं सर्वभूतेषु पापकम् ।
कर्मणा मनसा वाचा [illegible] सम्पद्यते तदा ॥ १६ ॥

जब समस्त प्राणियोंके प्रति मन, वाणी और क्रियाद्वारा भी बुरे भाव नहीं होते हैं तब मनुष्य ब्रह्मभावको प्राप्त होता है॥

न भूतो न भविष्योऽस्ति न च धर्मोऽस्ति कश्चन ।
योऽभयः सर्वभूतानां स प्राप्नोत्यभयं पदम् ॥ १७ ॥

जिसका भूत या भविष्यमें कोई कार्य नहीं है तथा जिसके लिये कोई धर्म करना शेष नहीं है, साथ ही सम्पूर्ण भूतोंको अभय प्रदान करता है, वही निर्भय पदको प्राप्त होता है ॥

यस्मादुद्विजते लोकः सर्वो मृत्युमुखादिव ।
वाक्क्रूराद् दण्डपरुषात् स प्राप्नोति महद् भयम् ॥ १८ ॥

जैसे सब लोग मौतके मुखमें जानेसे डरते हैं, उसी प्रकार जिसके स्मरणमात्रसे सब लोग उद्विग्न हो उठते हैं [illegible] जो कटुवचन बोलनेवाला और दण्ड देनेमें कठोर है, ऐसे मनुष्यको महान् भयका सामना करना पड़ता है ॥ १८ ॥

यथावद् वर्तमानानां वृद्धानां पुत्रपौत्रिणाम् ।
अनुवर्तामहे वृत्तमहिंस्राणां महात्मनाम् ॥ १९ ॥

जो [illegible] हैं, पुत्र और पौत्रोंसे सम्पन्न हैं, शास्त्रके अनुसार यथोचित आचरण करते हैं और किसी भी जीवकी हिंसा नहीं करते हैं, उन्हीं महात्माओंके बर्तावका मैं भी अनुसरण [illegible] हूँ ॥

प्रणष्टः शाश्वतो धर्मस्त्वनाचारेण मोहितः ।
तेन वैद्यस्तपस्वी वा बलवान् वा विमुह्यते ॥ २० ॥

अनाचारसे सनातनधर्म मोहयुक्त होकर नष्ट हो जाता है। उसके द्वारा विद्वान्, तपस्वी तथा काम-क्रोधको जीतनेवाला बलवान् पुरुष भी मोहमें पड़ जाता है ॥ २० ॥

आचारज्जाजले [illegible] क्षिप्रं धर्ममवाप्नुयात् ।
एवं यः साधुभिर्दान्तश्चरेदद्रोहचेतसा ॥ २१ ॥

जाजले ! जो जितेन्द्रिय पुरुष अपने चित्तमें दूसरोंके प्रति द्रोह न रखकर, इस प्रकार श्रेष्ठ पुरुषोंद्वारा पालित आचारको अपने आचरणमें लाता है, वह विद्वान् वेदबोधित सदाचारका पालन करनेसे शीघ्र ही धर्मके रहस्यको जान लेता है॥

नद्यां चेह यथा काष्ठमुह्यमानं यदृच्छया ।
यदृच्छयैव काष्ठेन सन्धिं गच्छेत केनचित् ॥ २२ ॥

तत्रापराणि दारूणि संसृज्यन्ते परस्परम् ।
तृणकाष्ठकरीषाणि कदाचिन्न समीक्षया ॥ २३ ॥

जैसे यहाँ नदीकी धारामें दैवेच्छासे बहता हुआ काठ अकस्मात् किसी दूसरे काठसे संयुक्त हो जाता है; फिर वहाँ दूसरे-दूसरे काष्ठ, तिनके, छोटी छोटी लकड़ियाँ और सूखे गोबर भी आकर एक दूसरेसे जुड़ जाते हैं, परंतु इन सबका वह संयोग आकस्मिक ही होता है, समझ-बूझकर नहीं (इसी प्रकार संसारके प्राणियोंके भी परस्पर संयोग-वियोग होते रहते हैं) ॥ २२-२३ ॥

यस्मान्नोद्विजते भूतं जातु किंचित् कथंचन ।
अभयं सर्वभूतेभ्यः स प्राप्नोति सदा मुने ॥ २४ ॥

मुने ! जिससे कोई भी प्राणी कभी किसी तरह भी उद्विग्न नहीं होता, वह सदा सम्पूर्ण भूतोंसे अभय [illegible] कर लेता है ॥

यस्मादुद्विजते विद्वन् सर्वलोको वृकादिव ।
क्रोशतस्तीरमासाद्य यथा सर्वे जलेचराः ॥ २५ ॥
स भयं सर्वभूतेभ्यः सम्प्राप्नोति महामते ।

महामते ! विद्वन् ! जैसे नदीके तीरपर आकर कोलाहल करनेवाले मनुष्यके डरसे सभी जलचर जन्तु भयके मारे छिप जाते हैं तथा जिस प्रकार भेड़ियेको देखकर सभी थर्रा उठते हैं, उसी प्रकार जिससे [illegible] लोग डरते हैं, उसे भी सम्पूर्ण प्राणियोंसे भय प्राप्त होता है ॥ २५ ॥

एवमेवायमाचारः प्रादुर्भूतो यतस्ततः ।
सहायवान् द्रव्यवान् यः सुभगोऽन्यपरस्तथा ॥ २६ ॥

इस प्रकार यह अभयदानरूप आचार प्रकट हुआ है, जो सभी उपायोंसे साध्य है—जैसे बने वैसे इसका पालन करना चाहिये । जो इसे आचरणमें लाता है वह सहायवान्, द्रव्यवान्, सौभाग्यशाली तथा श्रेष्ठ समझा जाता है ॥ २६ ॥

ततस्तानेव कवयः शास्त्रेषु प्रवदन्त्युत ।
कीर्त्यर्थमल्पहृल्लेखाः पटवः कृत्स्ननिर्णयाः ॥ २७ ॥

अतः जो अभयदान देनेमें समर्थ होते हैं, उन्हींको विद्वान् पुरुष शास्त्रोंमें श्रेष्ठ बताते हैं । उनमेंसे जो बहिर्मुख होकर अपने हृदयमें क्षणभङ्गुर विषय-सुखोंकी इच्छा रखते हैं, वे तो कीर्ति और मान-बड़ाईके लिये ही अभयदानरूप [illegible] पालन करते हैं; परंतु जो पटु या प्रवीण पुरुष हैं, वे पूर्णस्वरूप परब्रह्मकी प्राप्तिके लिये ही इस व्रतका आश्रय लेते हैं ॥ २७ ॥

तपोभिर्यज्ञदानैश्च वाक्यैः प्रज्ञाश्रितैस्तथा ।
प्राप्नोत्यभयदानस्य यद् यत् फलमिहाश्नुते ॥ २८ ॥

तप, यज्ञ, दान और ज्ञान-सम्बन्धी उपदेशके द्वारा मनुष्य यहाँ जो-जो फल प्राप्त करता है, वह सब उसे केवल अभय-दानसे मिल जाता है ॥ २८ ॥

लोके यः सर्वभूतेभ्यो ददात्यभयदक्षिणाम् ।
स सर्वयज्ञैरीजानः प्राप्नोत्यभयदक्षिणाम् ॥ २९ ॥

जो जगत्में सम्पूर्ण प्राणियोंको अभयकी दक्षिणा देता है, वह मानो समस्त यज्ञोंका अनुष्ठान कर लेता है [illegible] उसे भी सब ओरसे अभय-दान प्राप्त हो जाता है ॥ २९ ॥

न भूतानामहिंसाया ज्यायान् धर्मोऽस्ति कश्चन ।
यस्मान्नोद्विजते भूतं जातु किंचित् कथंचन ।
सोऽभयं सर्वभूतेभ्यः सम्प्राप्नोति महामुने ॥ ३० ॥

प्राणियोंकी हिंसा न करनेसे जिस धर्मकी सिद्धि होती है, उससे बढ़कर महान् धर्म कोई नहीं है । महामुने ! जिससे कभी कोई भी प्राणी किसी तरह उद्विग्न नहीं होता, वह भी सम्पूर्ण प्राणियोंसे अभय प्राप्त कर लेता है ॥ ३० ॥

यस्मादुद्विजते लोकः सर्पाद् वेश्मगतादिव ।
न स धर्ममवाप्नोति इहलोके परत्र च ॥ ३१ ॥

घरके भीतर रहनेवाले सर्पके समान जिस पुरुषसे सब लोग भयभीत रहते हैं, वह इहलोक और परलोकमें भी कभी धर्मके फलको नहीं पाता ॥ ३१ ॥

सर्वभूतात्मभूतस्य सर्वभूतानि पश्यतः ।
देवाऽपि मार्गे मुह्यन्ति अपदस्य पदैषिणः ॥ ३२ ॥

जो समस्त प्राणियोंका आत्मा हो गया है और सम्पूर्ण भूतोंको अपनेसे अभिन्न देखता है, उसे किसी विशेष स्थानकी प्राप्ति नहीं होती । वह ब्रह्मस्वरूप हो जाता है । उसके पदचिह्नकी खोज करनेवाले देवता भी उस ज्ञानी पुरुषके मार्गके विषयमें मोहित हो जाते हैं—उसकी गतिका पता नहीं लगा पाते ॥

दानं भूताभयस्याहुः सर्वदानेभ्य उत्तमम् ।
ब्रवीमि ते सत्यमिदं श्रद्धत्स्व च जाजले ॥ ३३ ॥

प्राणियोंको अभयदान देना सब दानोंसे उत्तम बताया गया है । जाजले ! मैं तुमसे यह सच्ची बात कहता हूँ, तुम इसपर विश्वास करो ॥ ३३ ॥

स एव सुभगो भूत्वा पुनर्भवति दुर्भगः ।
व्यापत्तिं कर्मणां दृष्ट्वा जुगुप्सन्ति जनाः सदा ॥ ३४ ॥

जो स्वर्गादिकी कामना करके धर्मकार्य करते हैं, वे ही स्वर्गादि फलोंको पाकर सौभाग्यवान् कहलाते हैं, फिर वे ही पुण्यक्षीण होनेके पश्चात् जब स्वर्गसे नीचे गिरते हैं, तब दुर्भाग्यसे दूषित माने जाते हैं; इस प्रकार कर्मोंका विनाश देखकर विज्ञ पुरुष सदा ही सकाम कर्मोंकी निन्दा करते हैं ॥ ३४ ॥

अकारणो हि नैवास्ति धर्मः सूक्ष्मो हि जाजले ।
भूतभव्यार्थमेवेह धर्मप्रवचनं कृतम् ॥ ३५ ॥

जाजले ! कोई भी धर्म निष्प्रयोजन या निष्फल नहीं है, [illegible] स्वरूप अत्यन्त सूक्ष्म है; स्वर्ग या ब्रह्मकी प्राप्तिके लिये ही यहाँ धर्मकी व्याख्या की गयी है ॥ ३५ ॥

सूक्ष्मत्वान्न स विज्ञातुं शक्यते बहुनिह्नवः ।
उपलभ्यान्तरा चान्यानाचारानवबुध्यते ॥ ३६ ॥

धर्मका स्वरूप अत्यन्त सूक्ष्म होनेके कारण वह सबकी समझमें नहीं आ सकता; क्योंकि उसके स्वरूपको छिपानेवाली बहुत-सी बातें हैं । बीच बीचमें विभिन्न सत्पुरुषोंके आचारोंको देखकर मनुष्य वास्तविक धर्मका ज्ञान प्राप्त करता है ॥ ३६ ॥

ये च च्छिन्दन्ति वृषणान् ये च भिन्दन्ति नस्तकान् ।
वहन्ति महतो भारान् बध्नन्ति दमयन्ति च ॥ ३७ ॥
हत्वा सत्त्वानि खादन्ति तान् कथं न विगर्हसे ।
मानुषा मानुषानेव दासभावेन भुञ्जते ॥ ३८ ॥

जो लोग बैलोंको बधिया करके बाँधते-नाथते, उनसे भारी बोझ ढुलाते और उनका दमन करके उन्हें सवारीमें निकालते हैं, जो कितने ही जीवोंको मारकर खा जाते हैं, मनुष्य होकर मनुष्योंको दास बनाकर और उनके परिश्रमका फल आप भोगते हैं, उनकी तुम निन्दा क्यों नहीं करते हो ? ॥

वधबन्धनिरोधेन कारयन्ति दिवानिशम् ।
आत्मनश्चापि जानाति यद् दुःखं वधबन्धने ॥ ३९ ॥

जो लोग वध और बन्धनकी दशामें अपनेको कितना कष्ट होता है, इस बातको जानते हैं तो भी दूसरोंको वध, बन्धन और कैदके कष्टमें डालकर उनसे दिन-रात काम कराते हैं, उनकी निन्दा तुम क्यों नहीं करते हो ? ॥ ३९ ॥

पञ्चेन्द्रियेषु भूतेषु सर्वं वसति दैवतम् ।
आदित्यश्चन्द्रमा वायुर्ब्रह्मा प्राणः क्रतुर्यमः ॥ ४० ॥

तानि जीवानि विक्रीय का मृतेषु विचारणा ।

पाँच इन्द्रियोंवाले समस्त प्राणियोंमें सूर्य, चन्द्र, वायु, [illegible] प्राण, यज्ञ और यमराज—इन सब देवताओंका निवास है, जो उन्हें जीते-जी बेचकर जीविका चलाते हैं, उन्हें अधर्मकी प्राप्ति होती है । फिर मृत जीवोंका विक्रय करनेवालोंके विषयमें तो कहा ही क्या जाय ? ॥ ४०½ ॥

अजोऽग्निर्वरुणो मेषः सूर्योऽश्वः पृथिवी विराट् ॥ ४१ ॥
धेनुर्वत्सश्च सोमो वै विक्रीयैतन्न सिध्यति ।

बकरा अग्निका, भेड़ वरुणका, घोड़ा सूर्यका और पृथ्वी विराट्का रूप है तथा गाय और बछड़े चन्द्रमाके स्वरूप हैं, इनको बेचनेसे कल्याणकी प्राप्ति नहीं होती ॥ ४१½ ॥

[illegible] तैले का घृते ब्रह्मन् मधुन्यप्यौषधेषु वा ॥ ४२ ॥
अदंशमशके देशे सुखसंवर्धितान् पशून् ।
तांश्च मातुः प्रियाञ्जानन्नाक्रम्य बहुधा नराः ॥ ४३ ॥
बहुदंशाकुलान् देशान् नयन्ति बहुकर्दमान् ।
वाहसम्पीडिता धुर्याः सीदन्त्यविधिना परे ॥ ४४ ॥

किंतु ब्रह्मन् ! तेल, घी, शहद और दवाओंकी बिक्री करनेमें क्या हानि है, बहुत-से मनुष्य तो डंस और मच्छरोंसे रहित देशमें उत्पन्न और सुखसे पले हुए पशुओंको यह जानते हुए भी कि ये अपनी माताओंको बहुत प्रिय हैं और इनके बिछुड़नेसे उन्हें बहुत कष्ट होगा, जबरदस्ती आक्रमण करके ऐसे देशोंमें ले जाते हैं जहाँ डंस, मच्छर और कीचड़की अधिकता होती है । कितने ही बोझ ढोनेवाले पशु भारी भारसे पीड़ित हो लोगोंद्वारा अनुचित रूपसे सताये जाते हैं ॥

न मन्ये भ्रूणहत्यापि विशिष्टा तेन कर्मणा ।
कृषिं साध्विति मन्यन्ते सा च वृत्तिः सुदारुणा ॥ ४५ ॥

[illegible] समझता हूँ कि उस क्रूर कर्मसे बढ़कर भ्रूणहत्याका पाप भी नहीं है । कुछ लोग खेतीको अच्छा मानते हैं, परंतु वह वृत्ति भी अत्यन्त कठोर है ॥ ४५ ॥

भूमिं भूमिशयांश्चैव हन्ति काष्ठमयोमुखम् ।
तथैवानडुहो युक्तान् समवेक्षस्व जाजले ॥ ४६ ॥

जाजले ! जिसके मुखपर फाल [illegible] हुआ है, वह हल पृथ्वीको पीड़ा देता है और उसके भीतर रहनेवाले जीवोंका भी वध कर डालता है और उसमें जो बैल जोते जाते हैं, उनकी दुर्दशापर भी दृष्टिपात करो ॥ ४६ ॥

अघ्न्या इति गवां नाम क एता हन्तुमर्हति ।
महच्चकाराकुशलं वृषं गां वाऽऽलभेत् तु यः ॥ ४७ ॥

श्रुतिमें गौओंको अघ्न्या (अवध्य) कहा गया है, फिर कौन उन्हें मारनेका विचार करेगा ? जो पुरुष गाय और बैलोंको मारता है, वह महान् पाप करता है ॥ ४७ ॥

ऋषयो यतयो ह्येतन्नहुषे प्रत्यवेदयन् ।
गां मातरं चाप्यवधीर्वृषभं च प्रजापतिम् ॥ ४८ ॥
अकार्यं नहुषाकार्षीर्लप्स्यामस्त्वत्कृते व्यथाम् ।
शतं चैकं च रोगाणां सर्वभूतेष्वपातयन् ॥ ४९ ॥
ऋषयस्ते महाभागाः प्रजास्वेव हि जाजले ।
भ्रूणहं नहुषं त्वाहुर्न ते होष्यामहे हविः ॥ ५० ॥

एक समयकी बात है, ऋषियों और यतियोंने राजा नहुषके पास जाकर निवेदन किया कि तुमने माता गौ और प्रजापति वृषभका वध किया है, नहुष ! यह तुम्हारे द्वारा न करनेयोग्य पापकर्म किया गया है, तुम्हारे इस कुकृत्यके कारण हम सब लोगोंको बड़ी व्यथा हो रही है । जाजले ! ऐसा कहकर नहुषके द्वारा प्रशंसित उन महाभाग ऋषियोंने पापको एक सौ एक रोगोंके रूपमें परिणत करके समस्त प्राणियोंपर डाल दिया, राजा नहुषको भ्रूणहत्यारा बताया और [illegible] कह दिया कि हमलोग तुम्हारे यज्ञमें हविष्यकी आहुति नहीं देंगे॥

इत्युक्त्वा ते महात्मानः सर्वे तत्त्वार्थदर्शिनः ।
ऋषयो यतयः शान्तास्तपसा प्रत्यवेदयन् ॥ ५१ ॥

ऐसा कहकर उन समस्त तत्त्वार्थदर्शी महात्माओंने तपस्या (ध्यान) द्वारा सारी बातें [illegible] लीं और नहुषके अज्ञानवश यह पाप होनेके कारण उन्हें निर्दोष [illegible] वे सब ऋषि और यति शान्त हो गये ॥ ५१ ॥

ईदृशानशिवान् घोरानाचारानिह जाजले ।
केवलाचरितत्वात् तु निपुणो नावबुद्ध्यसे ॥ ५२ ॥

जाजले ! इस तरहके अमङ्गलकारी और भयंकर आचार इस जगत्में बहुत-से प्रचलित हैं; केवल इसलिये कि अमुक कर्म पूर्वजोंद्वारा भी किया गया है, तुम चतुर होते हुए भी उसकी बुराईपर ध्यान नहीं देते ॥ ५२ ॥

कारणाद् धर्ममन्विच्छेन्न लोकचरितं चरेत् ।
यो हन्याद् यश्च मां स्तौति तत्रापि शृणु जाजले ॥ ५३ ॥
समौ तावपि मे स्यातां न हि मेऽस्ति प्रियाप्रियम् ।
एतदीदृशकं धर्मं प्रशंसन्ति मनीषिणः ॥ ५४ ॥

इस कर्मका हेतु या परिणाम क्या है ? इसपर विचार करके ही तुम्हें किसी भी धर्मको स्वीकार करना चाहिये । लोगोंने किया है या कर रहे हैं, यह जानकर उनका अन्धानुकरण नहीं करना चाहिये । जाजले ! अब मैं अपने विषयमें कुछ निवेदन करता हूँ, उसे सुनो, जो मुझे मारता है तथा जो मेरी प्रशंसा करता है, वे दोनों ही मेरे लिये बराबर हैं । उनमेंसे कोई भी मेरे लिये प्रिय या अप्रिय नहीं है, मनीषी पुरुष ऐसे ही धर्मकी प्रशंसा करते हैं ॥ ५३-५४ ॥

उपपत्त्या हि सम्पन्नो यतिभिश्चैव सेव्यते ।

सततं धर्मशीलैश्च निपुणेनोपलक्षितः ॥ ५५ ॥

यही युक्तिसंगत है, यति भी इसीका सेवन करते हैं तथा धर्मात्मा मनुष्य अच्छी तरह विचारकर सदा इसी धर्मका अनुष्ठान करते हैं ॥ ५५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि तुलाधारजाजलिसंवादे द्विषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें तुलाधार और जाजलिका संवादविषयक दो सौ बासठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६२ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका ½ श्लोक मिलाकर कुल ५५½ श्लोक हैं)

त्रिषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

जाजलिको तुलाधारका आत्मयज्ञविषयक धर्मका उपदेश

जाजलिरुवाच

अयं प्रवर्तितो धर्मस्तुलां धारयता त्वया ।
स्वर्गद्वारं च वृत्तिं च भूतानामवरोत्स्यते ॥ १ ॥

जाजलिने कहा—वणिक् महोदय ! तुम हाथमें तराजू लेकर सौदा तौलते हुए जिस धर्मका उपदेश करते हो, उससे तो स्वर्गका दरवाजा ही बंद किये देते हो और प्राणियोंकी जीविकावृत्तिमें भी रुकावट पैदा करते हो ॥ १ ॥

कृष्या ह्यन्नं प्रभवति ततस्त्वमपि जीवसि ।
पशुभिश्चौषधीभिश्च मर्त्या जीवन्ति वाणिज ॥ २ ॥

वैश्यपुत्र ! तुम्हें मालूम होना चाहिये कि खेतीसे ही अन्न पैदा होता है, जिससे तुम भी जी रहे हो । अन्न और पशुओंसे ही मनुष्यका जीवन-निर्वाह होता है ॥ २ ॥

ततो यज्ञः प्रभवति नास्तिक्यमपि जल्पसि ।
न हि वर्तेदयं लोको वार्तामुत्सृज्य केवलाम् ॥ ३ ॥

उन्हींसे यज्ञकार्य सम्पन्न होता है । तुम तो नास्तिकताकी भी बातें करते हो । यदि पशुओंके कष्टका ख्याल करके खेती आदि वृत्तियोंका त्याग कर दिया जाय, तो इस संसारका जीवन ही समाप्त हो जायगा ॥ ३ ॥

तुलाधार उवाच

वक्ष्यामि जाजले वृत्तिं नास्मि ब्राह्मण नास्तिकः ।
न यज्ञं च विनिन्दामि यज्ञवित् तु सुदुर्लभः ॥ ४ ॥

तुलाधारने कहा—जाजले ! मैं तुम्हें हिंसारहित जीविका-वृत्ति बताऊँगा । ब्राह्मणदेव ! मैं नास्तिक नहीं हूँ और न यज्ञकी ही निन्दा करता हूँ; परंतु यज्ञके यथार्थ स्वरूपको समझनेवाला पुरुष अत्यन्त दुर्लभ है ॥ ४ ॥

नमो ब्राह्मणयज्ञाय ये च यज्ञविदो जनाः ।
स्वयज्ञं ब्राह्मणा हित्वा क्षत्रयज्ञमिहास्थिताः ॥ ५ ॥

विप्र ! ब्राह्मणोंके लिये जिस यज्ञका विधान है, उसको तो मैं नमस्कार करता हूँ और जो लोग उस यज्ञको ठीक-ठीक जानते हैं, उनके चरणोंमें भी मस्तक झुकाता हूँ, किंतु खेद है, इस समय ब्राह्मणलोग अपने यज्ञका परित्याग करके क्षत्रियोचित यज्ञोंके अनुष्ठानमें प्रवृत्त हो रहे हैं ॥ ५ ॥

लुब्धैर्वित्तपरैर्ब्रह्मन् नास्तिकैः सम्प्रवर्तितम् ।
वेदवादानविज्ञाय सत्याभासमिवानृतम् ॥ ६ ॥

ब्रह्मन् ! धन कमानेके प्रयत्नमें लगे हुए बहुतसे लोभी और नास्तिक पुरुषोंने वैदिक वचनोंका तात्पर्य न समझकर सत्य-से प्रतीत होनेवाले मिथ्या यज्ञोंका प्रचार कर दिया है ॥ ६ ॥

इदं देयमिदं देयमिति चायं प्रशस्यते ।
अतः स्तैन्यं प्रभवति विकर्माणि च जाजले ॥ ७ ॥

जाजले ! श्रुतियों और स्मृतियोंमें कहा गया है कि अमुक कर्मके लिये यह दक्षिणा देनी चाहिये, यह दक्षिणा देनी चाहिये, उसके अनुसार वैसी दक्षिणा देनेसे भी यह यज्ञ श्रेष्ठ माना जाता है; अन्यथा शक्ति रहते हुए यदि यज्ञकर्ताने लोभ दिखाया तो उसको चोरी करनेका पाप लगता है और उस कर्ममें भी विपरीतता आ जाती है ॥ ७ ॥

यदेव सुकृतं हव्यं तेन तुष्यन्ति देवताः ।
नमस्कारेण हविषा स्वाध्यायैरौषधैस्तथा ॥ ८ ॥
पूजा स्याद् देवतानां हि यथा शास्त्रनिदर्शनम् ।

शुभ कर्मके द्वारा जिस हविष्यका संग्रह किया जाता है, उसीके होमसे देवता संतुष्ट होते हैं । शास्त्रके कथनानुसार नमस्कार, स्वाध्याय, घी और अन्न—इन सबके द्वारा देवताओंकी पूजा हो सकती है ॥ ८½ ॥

इष्टापूर्तादसाधूनां विगुणा जायते प्रजा ॥ ९ ॥

जो लोग कामनाके वशीभूत होकर यज्ञ करते, तालाब खुदवाते या बगीचे लगवाते हैं, उन (सकामभावयुक्त) असाधु पुरुषोंसे उन्हींके समान गुणहीन संतान उत्पन्न होती है ॥ ९ ॥

लुब्धेभ्यो जायते लुब्धः समेभ्यो जायते समः ।
यजमाना यथाऽऽत्मानमृत्विजश्च तथा प्रजाः ॥ १० ॥

लोभी पुरुषोंसे लोभीका जन्म होता है और समदर्शी पुरुषोंसे समदर्शी पुत्र उत्पन्न होता है । यजमान और ऋत्विज स्वयं जैसे होते हैं, उनकी प्रजा भी वैसी ही होती है ॥

यज्ञात् प्रजा प्रभवति नभसोऽम्भ इवामलम् ।
अग्नौ प्रास्ताहुतिर्ब्रह्मन्नादित्यमुपगच्छति ॥ ११ ॥
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ।

जिस प्रकार आकाशसे निर्मल जलकी वर्षा होती है उसी प्रकार शुद्ध भावसे किये हुए यज्ञसे योग्य प्रजाकी उत्पत्ति होती है। विप्रवर! अग्निमें डाली हुई आहुति सूर्यमण्डलको प्राप्त होती है, सूर्यसे जलकी वृष्टि होती है, वृष्टिसे अन्न उपजता है और अन्नसे सम्पूर्ण प्रजा जन्म तथा जीवन धारण करती है ॥ ११½ ॥

तस्मात् सुनिष्ठिताः पूर्वे सर्वान् कामांश्च लेभिरे ॥ १२ ॥
अकृष्टपच्या पृथिवी आशीर्भिर्वीरुधोऽभवन् ।

पहलेके लोग कर्तव्य समझकर यज्ञमें श्रद्धापूर्वक प्रवृत्त होते थे और उस यज्ञसे उनकी सम्पूर्ण कामनाएँ स्वतः पूर्ण हो जाती थीं। पृथ्वीसे बिना जोते-बोये ही काफी अन्न पैदा होता तथा जगत्की भलाईके लिये उनके शुभ संकल्पसे ही वृक्षों और लताओंमें [illegible] फूल लगते थे ॥ १२½ ॥

न ते यज्ञेष्वात्मसु वा फलं पश्यन्ति किंचन ॥ १३ ॥
शङ्कमानाः फलं यज्ञे ये यजेरन् कथंचन ।
जायन्तेऽसाधवो धूर्ता लुब्धा वित्तप्रयोजनाः ॥ १४ ॥

वे यज्ञोंमें अपने लिये किसी फलकी ओर दृष्टि नहीं रखते थे। जो मनुष्य यज्ञसे कोई फल मिलता है या नहीं, इस प्रकार-[illegible] संदेह मनमें लेकर किसी तरह यज्ञोंमें प्रवृत्त होते हैं, वे धन चाहनेवाले लोभी, धूर्त और दुष्ट होते हैं ॥ १३-१४ ॥

स स्म पापकृतां लोकान् गच्छेदशुभकर्मणा ।
प्रमाणमप्रमाणेन यः कुर्यादशुभं नरः ॥ १५ ॥
पापात्मा सोऽकृतप्रज्ञः सदैवेह द्विजोत्तम ।

द्विजश्रेष्ठ! जो मनुष्य प्रमाणभूत वेदको अपने अप्रामाणिक कुतर्कद्वारा अमङ्गलकारी सिद्ध करता है, उसकी बुद्धि शुद्ध नहीं है, उसका मन सदा यहाँ पापोंमें ही लगा रहता है और वह अपने अशुभ कर्मके कारण पापाचारियोंके लोकों (नरकों) [illegible] ही जाता है ॥ १५½ ॥

कर्तव्यमिति कर्तव्यं वेत्ति वै ब्राह्मणो भयम् ॥ १६ ॥
ब्रह्मैव वर्तते लोके नैव कर्तव्यतां पुनः ।

जो करने योग्य कर्मोंको अपना कर्तव्य समझता है और उसका पालन न होनेपर भय मानता है, जिसकी दृष्टिमें (ऋत्विक्, हविष्य, मन्त्र और अग्नि आदि) सब कुछ ब्रह्म ही है तथा जो किसी भी कर्तव्यको अपना नहीं मानता—कर्तापनका अभिमान नहीं रखता, वही [illegible] ब्राह्मण है ॥ १६½ ॥

विगुणं च पुनः कर्म ज्याय इत्यनुशुश्रुम ॥ १७ ॥
सर्वभूतोपघातश्च फलभावे च संयमः ।

हमने सुना है कि यदि कर्ममें किसी प्रकारकी त्रुटि हो जानेके कारण वह गुणहीन हो जाय तो भी यदि वह निष्कामभावसे किया जा रहा है तो श्रेष्ठ ही है अर्थात् वह कल्याणकारी ही होता है। निष्कामभावसे किये जानेवाले कर्ममें यदि कुत्ते आदि अपवित्र पशुओंके द्वारा स्पर्श हो जानेसे कोई बाधा भी आ जाय तथापि वह कर्म नष्ट नहीं होता, वह श्रेष्ठतम ही माना जाता है, अतः प्रत्येक कर्ममें फलकी भावना या कामनापर संयम—नियन्त्रण रखना आवश्यक है ॥ १७½ ॥

सत्ययज्ञा दमयज्ञा अर्थलुब्धार्थतृप्तयः ॥ १८ ॥
उत्पन्नत्यागिनः सर्वे जना आसन्नमत्सराः ।

प्राचीन कालके ब्राह्मण सत्यभाषण और इन्द्रियसंयमरूप यज्ञका अनुष्ठान करते थे। वे परम पुरुषार्थ (मोक्ष) के प्रति लोभ रखते थे, उन्हें लौकिक धनकी प्यास नहीं रहती थी, वे उस ओरसे सदा तृप्त रहते थे। वे सब लोग [illegible] वस्तुका त्याग करनेवाले और ईर्ष्या-द्वेषसे रहित थे ॥

क्षेत्रक्षेत्रज्ञतत्त्वज्ञाः स्वयज्ञपरिनिष्ठिताः ॥ १९ ॥
ब्राह्मं वेदमधीयन्तस्तोषयन्त्यपरानपि ।

वे क्षेत्र (शरीर) और क्षेत्रज्ञ (आत्मा) के तत्त्वको जाननेवाले और आत्मयज्ञ-परायण थे। उपनिषदोंके अध्ययनमें तत्पर रहते तथा स्वयं संतुष्ट होकर दूसरोंको भी संतोष देते थे ॥ १९½ ॥

अखिलं दैवतं सर्वं [illegible] ब्रह्मणि संश्रितम् ॥ २० ॥
तुष्यन्ति तृप्यतो देवास्तृप्तास्तृप्तस्य जाजले ।

[illegible] सर्वस्वरूप है, सम्पूर्ण देवता उसीके रूप हैं, वह ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मणके भीतर विराजमान है। इसलिये जाजले! इसके तृप्त होनेपर सम्पूर्ण देवता तृप्त एवं संतुष्ट हो जाते हैं ॥

यथा सर्वरसैस्तृप्तो नाभिनन्दति किंचन ॥ २१ ॥
[illegible] प्रज्ञानतृप्तस्य नित्यतृप्तिः सुखोदया ।

जैसे सब प्रकारके रसोंसे तृप्त हुआ मनुष्य किसी भी रसका अभिनन्दन नहीं करता, उसी प्रकार जो ज्ञानानन्दसे परितृप्त है, उसे अक्षय सुख देनेवाली नित्य तृप्ति बनी रहती है ॥

धर्माधारा धर्मसुखाः कृत्स्नव्यवसितास्तथा ॥ २२ ॥
अस्ति नस्तत्त्वतो भूय इति प्राज्ञस्तवेक्षते ।

हममेंसे बहुत लोग ऐसे हैं, जिनका धर्म ही आधार है, जो धर्ममें ही सुख मानते हैं तथा जिन्होंने सम्पूर्ण कर्तव्य-अकर्तव्यका निश्चय कर लिया है, परंतु हमलोगोंका जो यथार्थरूप है, उसकी अपेक्षा बहुत महान् और व्यापक परमात्मा सर्वत्र सर्वात्मा रूपसे विराजमान है—ऐसा ज्ञानी पुरुष देखता है ॥ २२½ ॥

ज्ञानविज्ञानिनः केचित् परं पारं तितीर्षवः ॥ २३ ॥
अतीव पुण्यदं पुण्यं पुण्याभिजनसंहितम् ।
यत्र गत्वा न शोचन्ति न च्यवन्ति व्यथन्ति च ॥ २४ ॥

भवसागरसे पार उतरनेकी इच्छावाले कोई-कोई ज्ञान-विज्ञानसम्पन्न महात्मा पुरुष ही अत्यन्त पवित्र और पुण्यात्माओंसे सेवित पुण्यदायक ब्रह्मलोकको प्राप्त होते हैं,

जहाँ जाकर वे न तो शोक करते हैं, न वहाँसे नीचे गिरते हैं और न मनमें किसी प्रकारकी व्यथाका ही अनुभव करते हैं ॥ २३-२४ ॥

ते तु तद् ब्रह्मणः स्थानं प्राप्नुवन्तीह सात्त्विकाः।
नै[illegible] ते स्वर्गमिच्छन्ति न यजन्ति यशोधनैः ॥ २५ ॥
सतां वर्त्मानुवर्तन्ते यजन्ते चाविहिंसया।
वनस्पतीनोषधीश्च फलं मूलं च ते विदुः ॥ २६ ॥
न चैतानृत्विजो लुब्धा याजयन्ति फलार्थिनः।

वे सात्त्विक महापुरुष उस ब्रह्मधामको ही प्राप्त होते हैं, उन्हें स्वर्गकी इच्छा नहीं होती, वे यश और धनके लिये यज्ञ नहीं करते, सत्पुरुषोंके मार्गपर चलते और हिंसा-रहित यज्ञोंका अनुष्ठान करते हैं। वनस्पति, अन्न और फल-मूलको ही वे हविष्य मानते हैं, धनकी इच्छा रखनेवाले लोभी ऋत्विज इनका यज्ञ नहीं कराते हैं ॥ २५-२६½ ॥

स्वमेव चार्थं कुर्वाणा यज्ञं चक्रुः पुनर्द्विजाः ॥ २७ ॥
परिनिष्ठितकर्माणः प्रजानुग्रहकाम्यया।

ज्ञानी ब्राह्मणोंने अपनेको ही यज्ञका उपकरण मानकर मानसिक यज्ञका अनुष्ठान किया है। उन्होंने प्रजाहितकी कामनासे ही मानसिक यज्ञका अनुष्ठान किया है ॥ २७½ ॥

तस्मात् तानृत्विजो लुब्धा याजयन्त्यशुभान् नरान् २८
प्रापयेयुः प्रजाः स्वर्गं स्वधर्माचरणेन वै।
इति मे वर्तते बुद्धिः समा सर्वत्र जाजले ॥ २९ ॥

लोभी ऋत्विज तो ऐसे लोगोंका ही यज्ञ कराते हैं, जो अशुभ (मोक्षकी इच्छासे रहित) होते हैं, श्रेष्ठ पुरुष तो स्वधर्मका आचरण करते हुए ही प्रजाको स्वर्गमें पहुँचा देते हैं। जाजले ! यही सोचकर मेरी बुद्धि भी सर्वत्र समान भाव ही रखती है ॥ २८-२९ ॥

यानि यज्ञे ष्विहेज्यन्ति सदा प्राज्ञा द्विजर्षभाः।
तेन ते देवयानेन पथा यान्ति महामुने ॥ ३० ॥

महामुने ! श्रेष्ठ विद्वान् ब्राह्मण सदा ही जिन द्रव्योंको लेकर उनका यज्ञोंमें उपयोग करते हैं उन्हींके द्वारा वे दिव्य मार्गसे पुण्य लोकोंमें जाते हैं ॥ ३० ॥

आवृत्तिस्तस्य चैकस्य नास्त्यावृत्तिर्मनीषिणः।
उभौ तौ देवयानेन गच्छतो जाजले यथा ॥ ३१ ॥

जाजले ! जो कामनाओंमें आसक्त है, उसी मनुष्यकी इस संसारमें पुनरावृत्ति होती है। ज्ञानीका पुनः यहाँ जन्म नहीं होता। यद्यपि दोनों दिव्यमार्गसे ही पुण्यलोकोंमें [illegible] हैं,तथापि संकल्प-भेदसे ही उनकी आवृत्ति और अनावृत्ति होती है॥

स्वयं चैषामनडुहो युज्यन्ति च वहन्ति च।
स्वयमुस्राश्च दुह्यन्ते मनःसंकल्पसिद्धिभिः ॥ ३२ ॥

ज्ञानी महात्माओंकी इच्छा होते ही उनके मानसिक संकल्पकी सिद्धियोंके अनुसार बैल स्वयं गाड़ीमें जुतकर उनकी सवारी ढोने लगते हैं, दूध देनेवाली गौएँ [illegible] ही सब प्रकारके मनोरथोंकी सिद्धिरूप दुग्ध प्रदान [illegible] हैं॥

स्वयं यूपानुपादाय यजन्ते स्वाप्तदक्षिणैः।
यस्तथा भावितात्मा स्यात् स गामालब्धुमर्हति ॥ ३३ ॥

योगसिद्ध पुरुषोंके पास स्वयं यज्ञयूप उपस्थित हो जाते हैं और उन्हें लेकर वे पर्याप्त दक्षिणाओंसे युक्त [illegible] यजन करते हैं। उनके ऋत्विजोंके पास दक्षिणा भी स्वतः उपस्थित हो जाती है। जिसका अन्तःकरण इस प्रकार शुद्ध एवं सिद्ध हो गया है, वही पृथ्वीको उपलब्ध कर सकता है॥

ओषधीभिस्तथा ब्रह्मन् यजेरंस्ते न तादृशाः।
इति त्यागं पुरस्कृत्य तादृशं प्रब्रवीमि ते ॥ ३४ ॥

ब्रह्मन् ! इसलिये वे योगसिद्ध पुरुष ओषधियों—अन्न आदिके द्वारा यज्ञ कर सकते हैं। जो पहले बताये [illegible] मूढ लोग हैं, वे उस तरहका यज्ञ नहीं कर सकते। धर्म-फलका त्याग करनेवाले महात्माओंका ऐसा अद्भुत माहात्म्य है, इसलिये मैं त्यागको आगे रखकर तुमसे ऐसी बात कह रहा हूँ॥

निराशिषमनारम्भं निर्नमस्कारमस्तुतिम्।
अक्षीणं क्षीणकर्माणं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ ३५ ॥

जिसके मनमें कोई कामना नहीं है, जो किसी [illegible] इच्छासे कर्मोंका आरम्भ नहीं करता, नमस्कार और स्तुतिसे अलग रहता है, जिसका धर्म नहीं क्षीण हुआ है, कर्म-बन्धन क्षीण हो गया है, उसी पुरुषको देवतालोग ब्राह्मण मानते हैं॥

न श्रावयन् न च यजन् न ददद् ब्राह्मणेषु च।
काम्यां वृत्तिं लिप्समानः कां गतिं याति जाजले।
इदं तु दैवतं कृत्वा यथा यज्ञमवाप्नुयात् ॥ ३६ ॥

जाजले ! जो ब्राह्मण वेदाध्ययन, यजन और ब्राह्मणोंको दान देना आदि वर्णोचित कर्म नहीं करता और मनोहर भोग पदार्थोंकी लिप्सा रखता है, वह कुत्सित गतिको प्राप्त होता है। किंतु निष्काम धर्मको देवताके समान आराध्य बनानेवाला मनुष्य यज्ञके यथार्थ फल—मोक्षको प्राप्त कर लेता है ॥ ३६ ॥

जाजलिरुवाच

न वै मुनीनां शृणुमः [illegible] तत्त्वं
पृच्छामि ते वाणिज कष्टमेतत्।
पूर्वैः पूर्वं चास्य नावेक्षमाणा
नातः परं तमृषयः स्थापयन्ति ॥ ३७ ॥

जाजलिने पूछा—वैश्यप्रवर ! मैंने आत्मज्ञानी मुनियोंके समीप तुम्हारेद्वारा प्रतिपादित तत्त्वको कभी नहीं सुना। सम्भवतः यह समझनेमें कठिन भी है, क्योंकि पूर्ववर्ती महर्षियोंने उसके ऊपर विशेष विचार नहीं किया है। जिन्होंने विचार किया है, उन्होंने भी उत्तम होनेपर भी इस धर्मकी जगत्‌में स्थापना नहीं की है अतः मैं तुमसे ही पूछता हूँ ॥ ३७ ॥

यस्मिन्नेवात्मतीर्थे न पशवः प्राप्नुयुर्मखम् ।
अथ स्म कर्मणा केन वाणिज प्राप्नुयात् सुखम् ॥ ३८ ॥
शंस मे तन्महाप्राज्ञ भृशं वै श्रद्दधामि ते ।

वणिक्पुत्र ! यदि इस प्रकार आत्मतीर्थमें पशु अर्थात् अज्ञानी मानव आत्मयज्ञका सौभाग्य नहीं पा सकते, तो किस कर्मसे उन्हें सुखकी प्राप्ति हो सकती है ? महामते ! यह बात मुझे बताओ । मैं तुम्हारे कथनपर अधिक श्रद्धा रखता हूँ ॥

तुलाधार उवाच

उत यज्ञा उतायज्ञा मखं नार्हन्ति ते क्वचित् ॥ ३९ ॥
आज्येन पयसा दध्ना पूर्णाहुत्या विशेषतः ।
वालैः शृङ्गेण पादेन सम्भरत्येव गौर्मखम् ॥ ४० ॥

तुलाधारने कहा—ब्रह्मन् ! जिन दम्भी पुरुषोंके यज्ञ अश्रद्धा आदि दोषोंके कारण यज्ञ कहलानेयोग्य नहीं रह जाते, वे न तो मानसिक यज्ञके अधिकारी हैं और न क्रियात्मक यज्ञके ही । श्रद्धालु पुरुष तो घी, दूध, दही और विशेषतः पूर्णाहुतिसे ही अपना यज्ञ पूर्ण करते हैं । श्रद्धालुओंमें जो असमर्थ हैं, उनका यज्ञ गाय अपनी पूँछके बालोंके स्पर्शसे, शृङ्गजलसे और पैरोंकी धूलसे ही पूर्ण कर देती है ॥ ३९-४० ॥

पत्नीं चानेन विधिना प्रकरोति नियोजयन् ।
इष्टं तु दैवतं कृत्वा यथा यज्ञमवाप्नुयात् ॥ ४१ ॥

इसी विधिसे देवताके लिये घी आदि द्रव्य समर्पित करनेके लिये श्रद्धाको ही पत्नी बनाये और यज्ञको ही देवताके समान आराध्य बनाकर यथावत् रूपसे यज्ञपुरुष भगवान् विष्णुको प्राप्त करे ॥ ४१ ॥

पुरोडाशो हि सर्वेषां पशूनां मेध्य उच्यते ।
सर्वा नद्यः सरस्वत्यः सर्वे पुण्याः शिलोच्चयाः ॥ ४२ ॥

यज्ञविहित समस्त पशुओंके दुग्ध आदिसे निर्मित पुरोडाशको ही पवित्र बताया जाता है । सारी नदियाँ ही सरस्वतीका रूप हैं और समस्त पर्वत ही पुण्यमय प्रदेश हैं ॥

जाजले तीर्थमात्मैव मा स्म देशातिथिर्भव ।
एतानीदृशकान् धर्मानाचरन्निह जाजले ॥ ४३ ॥
कारणैर्धर्ममन्विच्छन् स लोकानाप्नुते शुभान् ।

जाजले ! यह आत्मा ही प्रधान तीर्थ है । आप तीर्थ-सेवनके लिये देश-देशमें मत भटकिये । जो यहाँ मेरे बताये हुए अहिंसाप्रधान धर्मोंका आचरण करता है तथा विशेष कारणोंसे धर्मका अनुसंधान करता है, वह कल्याणकारी लोकोंको [illegible] होता है ॥ ४३½ ॥

भीष्म उवाच

एतानीदृशकान् धर्मांस्तुलाधारः प्रशंसति ॥ ४४ ॥
उपपत्त्याभिसम्पन्नान् नित्यं सद्भिर्निषेवितान् ॥ ४५ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! इस प्रकार हिंसा-रहित, युक्तिसंगत तथा श्रेष्ठ पुरुषोंद्वारा सेवित धर्मोंकी ही [illegible] वैश्यने सदा प्रशंसा की थी ॥ ४४-४५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि तुलाधारजाजलिसंवादे त्रिषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें तुलाधार और जाजलिका संवादविषयक दो सौ तिरसठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६३ ॥

चतुःषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

जाजलिको पक्षियोंका उपदेश

तुलाधार उवाच

सद्भिर्वा यदि वासद्भिः पन्थानमिममास्थितम् ।
प्रत्यक्षं क्रियतां साधु ततो ज्ञास्यसि तद् यथा ॥ १ ॥

तुलाधारने कहा—ब्रह्मन् ! मैंने धर्मके जिस मार्गका दर्शन कराया है, उसपर सज्जन पुरुष चलते हैं या दुर्जन ? इस बातको अच्छी तरह जाँचकर प्रत्यक्ष कर लो । तब तुम्हें इसकी यथार्थताका ज्ञान होगा ॥ १ ॥

एते शकुन्ता बहवः समन्ताद् विचरन्ति ह ।
तवोत्तमाङ्गे सम्भूताः श्येनाश्चान्याश्च जातयः ॥ २ ॥

देखो ! आकाशमें ये जो बहुत-से श्येन एवं दूसरी जातियोंके पक्षी चारों ओर विचरण कर रहे हैं, इनमें तुम्हारे सिरपर उत्पन्न हुए पक्षी भी हैं ॥ २ ॥

आहूयैनान् महाब्रह्मन् विशमानांस्ततस्ततः ।
पश्येमान् हस्तपादैश्च श्लिष्टान् देहेषु सर्वशः ॥ ३ ॥

ब्रह्मन् ! ये यत्र-तत्र घोंसलोंमें घुस रहे हैं । देखो, इन सबके हाथ-पैर सिकुड़कर शरीरोंसे सट गये हैं । इन सबको बुलाकर पूछो ॥ ३ ॥

सम्भावयन्ति पितरं त्वया सम्भाविताः खगाः ।
असंशयं पिता वै त्वं पुत्रानाह्वय जाजले ॥ ४ ॥

ये पक्षी तुम्हारे द्वारा पालित और समादृत हुए हैं । अतः तुम्हारा पिताके समान सम्मान करते हैं । जाजले ! इसमें संदेह नहीं कि तुम इनके पिता ही हो; अतः इन पुत्रोंको बुलाकर प्रश्न करो ॥ ४ ॥

भीष्म उवाच

ततो जाजलिना तेन समाहूताः पतत्त्रिणः ।
वाचमुच्चारयन्ति स्म धर्मस्य वचनात् किल ॥ ५ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! तदनन्तर जाजलिने उन पक्षियोंको बुलाया । उनका धर्मयुक्त वचन सुनकर

वे पक्षी वहाँ आये और उनसे मनुष्यके समान [illegible] वाणीमें बोलने लगे—॥ ५ ॥

अहिंसादिकृतं कर्म इह चैव परत्र च।
श्रद्धां निहन्ति वै ब्रह्मन् सा हता हन्ति तं नरम्॥ ६ ॥

'अहिंसा और दया आदि भावोंसे प्रेरित होकर किया हुआ कर्म इहलोक और परलोकमें भी उत्तम फल देनेवाला है। ब्रह्मन्! यदि मनमें हिंसाकी भावना हो तो वह श्रद्धाका नाश कर देती है। फिर नष्ट हुई श्रद्धा कर्म करनेवाले इस हिंसक मनुष्यका ही सर्वनाश कर डालती है॥ ६॥

समानां श्रद्दधानानां संयतानां सुचेतसाम्।
कुर्वतां यज्ञ इत्येव न यज्ञो जातु नेष्यते॥ ७ ॥

'जो हानि और लाभमें समान भाव रखनेवाले, श्रद्धालु, संयमी और शुद्ध चित्तवाले पुरुष हैं तथा यज्ञको कर्तव्य समझकर करते हैं, उनका यज्ञ कभी असफल नहीं होता॥७॥

[illegible] वैवस्वती सेयं सूर्यस्य दुहिता द्विज।
सावित्री प्रसवित्री च बहिर्वाङ्मनसी ततः॥ ८ ॥

'ब्रह्मन्! श्रद्धा सूर्यकी पुत्री है, इसलिये उसे वैवस्वती, सावित्री और प्रसवित्री (विशुद्ध जन्मदायिनी) भी कहते हैं। वाणी और मन भी श्रद्धाकी अपेक्षा बहिरङ्ग हैं॥ ८॥

वाग्वृद्धं त्रायते श्रद्धा मनोवृद्धं च भारत।
श्रद्धावृद्धं वाङ्मनसी न कर्म त्रातुमर्हति॥ ९ ॥

'भरतनन्दन! यदि वाणीके दोषसे मन्त्रके उच्चारणमें त्रुटि रह जाय और मनकी चञ्चलताके कारण इष्टदेवताका ध्यान आदि कर्म सम्पन्न न हो सके तो भी यदि श्रद्धा हो तो वह वाणी और मनके दोषको दूर करके उस कर्मकी [illegible] कर सकती है। परंतु यदि श्रद्धा न होनेके कारण कर्ममें त्रुटि रह जाय तो वाणी और मन (मन्त्रोच्चारण और ध्यान) उस कर्मकी रक्षा नहीं कर सकते॥ ९॥

[illegible] गाथा ब्रह्मगीताः कीर्तयन्ति पुराविदः।
शुचेरश्रद्दधानस्य श्रद्दधानस्य चाशुचेः॥ १० ॥
देवा वित्तममन्यन्त सदृशं यज्ञकर्मणि।
श्रोत्रियस्य कदर्यस्य वदान्यस्य च वार्धुषेः॥ ११ ॥
मीमांसित्वोभयं देवाः सममन्नमकल्पयन्।

इस विषयमें प्राचीन वृत्तान्तोंको जाननेवाले लोग ब्रह्माजीकी गायी हुई गाथाका वर्णन किया करते हैं, जो इस प्रकार है—पहले देवतालोग श्रद्धाहीन पवित्र और पवित्रतारहित श्रद्धालुके द्रव्यको यज्ञकर्मके लिये एक-सा ही समझते थे। इसी प्रकार वे कृपण वेदवेत्ता और महादानी सूदखोरके अन्नमें भी कोई अन्तर नहीं मानते थे। देवताओंने खूब सोच-विचार कर दोनों प्रकारके अन्नोंको समान निश्चित किया था॥ १०-११½॥

प्रजापतिस्तानुवाच विषमं कृतमित्युत॥ १२ ॥
श्रद्धापूतं वदान्यस्य हतमश्रद्धयेतरत्।

'किंतु एक बार यज्ञमें प्रजापतिने उनसे इन बातोंको देखकर कहा—'देवताओ! तुमने यह अनुचित किया है। वास्तवमें उदारका अन्न उसकी श्रद्धाके कारण पवित्र होता है और कंजूसका अश्रद्धाके कारण अपवित्र एवं नष्टप्राय समझा जाता है*॥ १२½॥

भोज्यमन्नं वदान्यस्य कदर्यस्य न वार्धुषेः॥ १३ ॥
अश्रद्दधान एवैको देवानां नार्हते हविः।
तस्यैवान्नं न भोक्तव्यमिति धर्मविदो विदुः॥ १४ ॥

'साराश यह कि उदारका ही अन्न भोजन करना चाहिये, कृपण, श्रोत्रिय एवं केवल सूदखोरका नहीं। जिसमें श्रद्धा नहीं है, एकमात्र वही देवताओंको हविष्य अर्पण करनेका अधिकार नहीं रखता है। उसीका अन्न नहीं खाना चाहिये। धर्मज्ञ पुरुष ऐसा ही मानते हैं॥ १३-१४॥

अश्रद्धा परमं पापं श्रद्धा पापप्रमोचिनी।
जहाति पापं श्रद्धावान् सर्पो जीर्णामिव त्वचम्॥ १५ ॥

'अश्रद्धा सबसे बड़ा पाप है और श्रद्धा पापसे छुटकारा दिलानेवाली है। जैसे साँप अपने पुरानी केंचुलको छोड़ देता है, उसी प्रकार श्रद्धालु पुरुष पापका परित्याग कर देता है॥ १५॥

ज्यायसी [illegible] पवित्राणां निवृत्तिः श्रद्धया सह।
निवृत्तशीलदोषो यः श्रद्धावान् पूत [illegible] सः॥ १६ ॥

'श्रद्धा होनेके साथ-ही-साथ पापोंसे निवृत्त हो जाना [illegible] पवित्रताओंसे बढ़कर है। जिसके शीलसम्बन्धी दोष दूर हो गये हैं, वह श्रद्धालु पुरुष सदा पवित्र ही है॥ १६॥

किं तस्य तपसा कार्यं किं वृत्तेन किमात्मना।
श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव [illegible]॥ १७ ॥

'उसे तपस्याद्वारा क्या लेना है? आचार-व्यवहार अथवा आत्मचिन्तनद्वारा कौन सा प्रयोजन सिद्ध करना है? यह पुरुष श्रद्धामय है, जिसकी जैसी सात्त्विकी, राजसी या तामसी श्रद्धा होती है, वह वैसा सात्त्विक, राजस या तामस होता है॥१७॥

इति धर्मः समाख्यातः सद्भिर्धर्मार्थदर्शिभिः।
वयं जिज्ञासमानास्तु सम्प्राप्ता धर्मदर्शनात्॥ १८ ॥

'धर्म और अर्थका साक्षात्कार करनेवाले सत्पुरुषोंने इसी प्रकार धर्मकी व्याख्या की है। हमलोगोंने धर्मदर्शन नामक मुनिसे जिज्ञासा प्रकट करनेपर उस धर्मका ज्ञान प्राप्त किया है॥ १८॥

श्रद्धां कुरु महाप्राज्ञ ततः प्राप्स्यसि यत् परम्।
श्रद्धावाञ्श्रद्दधानश्च धर्मश्चैव हि जाजले।

* अतः श्रद्धाहीन पवित्रकी अपेक्षा पवित्रताहीन श्रद्धालुका ही अन्न ग्रहण करने योग्य है। इसी प्रकार [illegible] वेदोंके [illegible] दानी सूदखोरमेंसे दानी सूदखोरका ही अन्न श्रद्धापूत एवं [illegible] है। केवल सूदखोर और केवल कृपणका अन्न तो त्याज्य है ही।

स्ववर्त्मनि स्थितश्चैव गरीयानेव जाजले ॥ १९ ॥

महाज्ञानी जाजलि ! तुम इसपर श्रद्धा करो । तदनन्तर इसके अनुसार आचरण करनेसे तुम्हें परमगतिकी प्राप्ति होगी। [illegible] करनेवाला श्रद्धालु पुरुष साक्षात् धर्मका स्वरूप है । जाजले ! जो श्रद्धापूर्वक अपने धर्मपर स्थित है, वही सबसे श्रेष्ठ माना गया है' ॥ १९ ॥

भीष्म उवाच

ततोऽचिरेण कालेन तुलाधारः स एव [illegible] ।
दिवं गत्वा महाप्राज्ञौ विहरेतां यथासुखम् ॥ २० ॥
स्वं स्वं स्थानमुपागम्य स्वकर्मफलनिर्जितम् ।

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! तदनन्तर थोड़े ही समयमें तुलाधार और जाजलि दोनों महाज्ञानी पुरुष परमधाम- [illegible] जाकर अपने शुभ कर्मोंके फलस्वरूप अपने-अपने स्थानको पाकर वहाँ सुखपूर्वक विहार करने लगे ॥ २०३ ॥

[illegible] बहुविधार्थं [illegible] तुलाधारेण भाषितम् ॥ २१ ॥
सम्यक् चेदमुपालब्धो धर्मश्चोक्तः सनातनः ।
[illegible] विख्यातवीर्यस्य श्रुत्वा वाक्यानि स द्विजः ॥ २२ ॥

इस प्रकार तुलाधारने नाना प्रकारके वक्तव्य विषयोंसे युक्त उत्तम भाषण किया । उन्होंने सनातनधर्मका भी वर्णन किया । ब्राह्मण जाजलिने विख्यात प्रभावशाली तुलाधारके वे वचन सुनकर उनके इस तात्पर्यको भलीभाँति हृदयंगम किया ॥ २१-२२ ॥

तुलाधारस्य कौन्तेय शान्तिमेवान्वपद्यत ।
एवं बहुमतार्थं च तुलाधारेण भाषितम् ।
यथौपम्योपदेशेन किं भूयः श्रोतुमिच्छसि ॥ २३ ॥

कुन्तीनन्दन ! तुलाधारने जो उपदेश दिया था, वह बहुजनसम्मत अर्थसे युक्त था । उसे सुनकर जाजलिको परम शान्ति प्राप्त हुई । उसे यथावत् दृष्टान्तपूर्वक [illegible] गया है । अब तुम और क्या सुनना चाहते हो ? ॥ २३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि तुलाधारजाजलिसंवादे चतुःषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें तुलाधार-जाजलि-संवादविषयक दो सौ चौसठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६४ ॥

पञ्चषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

राजा विचख्नुके [illegible] अहिंसा-धर्मकी प्रशंसा

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
प्रजानामनुकम्पार्थं गीतं [illegible] विचख्नुना ॥ १ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! प्राचीन कालमें राजा विचख्नुने [illegible] प्राणियोंपर दया करनेके लिये जो उद्गार प्रकट किया था, उस प्राचीन इतिहासका इस प्रसङ्गमें जानकार मनुष्य उदाहरण दिया करते हैं ॥ १ ॥

छिन्नस्थूणं वृषं दृष्ट्वा विलापं च गवां भृशम् ।
गोग्रहे [illegible] प्रेक्षमाणः स पार्थिवः ॥ २ ॥

एक समय किसी यज्ञशालामें राजाने देखा कि एक बैलकी गरदन कटी हुई है और वहाँ बहुत-सी गौएँ आर्तनाद कर रही हैं । यज्ञशालाके प्राङ्गणमें कितनी ही गौएँ खड़ी हैं । यह सब देखकर राजा बोले—॥ २ ॥

स्वस्ति गोभ्योऽस्तु लोकेषु ततो निर्वचनं कृतम् ।
हिंसायां हि प्रवृत्तायामाशीरेषा तु कल्पिता ॥ ३ ॥

'संसारमें समस्त गौओंका कल्याण हो ।' जब हिंसा [illegible] होने जा रही थी, उस समय उन्होंने गौओंके लिये [illegible] शुभ कामना प्रकट की और [illegible] हिंसाका निषेध करते हुए कहा—॥ ३ ॥

अव्यवस्थितमर्यादैर्विमूढैर्नास्तिकैर्नरैः ।
संशयात्मभिरव्यक्तैर्हिंसा समनुवर्णिता ॥ ४ ॥

'जो धर्मकी मर्यादासे भ्रष्ट हो चुके हैं, मूर्ख हैं, नास्तिक हैं [illegible] जिन्हें आत्माके विषयमें संदेह है एवं जिनकी कहीं प्रसिद्धि नहीं है, ऐसे लोगोंने ही हिंसाका समर्थन किया है ॥

सर्वकर्मस्वहिंसा हि धर्मात्मा मनुरब्रवीत् ।
कामकाराद् विहिंसन्ति बहिर्वेद्यां पशून् नराः ॥ ५ ॥

धर्मात्मा मनुने सम्पूर्ण कर्मोंमें अहिंसाका ही प्रतिपादन किया है । मनुष्य अपनी ही इच्छासे यज्ञकी बाह्यवेदीपर पशुओंका बलिदान करते हैं ॥ ५ ॥

तस्मात् [illegible] कार्यो धर्मः सूक्ष्मो विजानता ।
अहिंसा सर्वभूतेभ्यो धर्मेभ्यो ज्यायसी मता ॥ ६ ॥

अतः विज्ञ पुरुषको उचित है कि [illegible] वैदिक प्रमाणसे धर्मके सूक्ष्म स्वरूपका निर्णय करे । सम्पूर्ण भूतोंके लिये जिन धर्मोंका विधान किया गया है, उनमें अहिंसा ही सबसे बड़ी मानी गयी है ॥ ६ ॥

उपोष्य संशितो भूत्वा हित्वा वेदकृताः श्रुतीः ।
[illegible] इत्यनाचारः कृपणाः फलहेतवः ॥ ७ ॥

उपवासपूर्वक कठोर नियमोंका पालन करे । वेदकी फलश्रुतियोंका परित्याग कर दे अर्थात् काम्य कर्मोंको छोड़ दे, सकामकर्मोंके आचरणको अनाचार समझकर उनमें प्रवृत्त न हो । कृपण (क्षुद्र) मनुष्य ही फलकी इच्छासे कर्म करते हैं ॥ ७ ॥

यदि यज्ञांश्च वृक्षांश्च यूपांश्चोद्दिश्य मानवाः ।
वृथा मांसं न खादन्ति नैष धर्मः प्रशस्यते ॥ ८ ॥

यदि कहे कि मनुष्य यूपनिर्माणके उद्देश्यसे जो वृक्ष काटते और यज्ञके उद्देश्यसे पशुबलि देकर जो मांस खाते हैं, वह व्यर्थ नहीं है अपि तु धर्म ही है, तो यह ठीक नहीं; क्योंकि ऐसे धर्मकी कोई प्रशंसा नहीं करते ॥ ८ ॥

सुरा मत्स्या मधु मांसमासवं कृसरौदनम् ।
धूर्तैः प्रवर्तितं ह्येतन्नैतद् वेदेषु कल्पितम् ॥ ९ ॥

सुरा, आसव, मधु, मांस और मछली तथा तिल और चावलकी खिचड़ी—इन सब वस्तुओंको धूर्तोंने यज्ञमें प्रचलित कर दिया है। वेदोंमें इनके उपयोगका विधान नहीं है ॥ ९ ॥

मानान्मोहाच्च लोभाच्च लौल्यमेतत्प्रकल्पितम् ।

उन धूर्तोंने अभिमान, मोह और लोभके वशीभूत होकर उन वस्तुओंके प्रति अपनी यह लोलुपता ही प्रकट की है ।९½।

विष्णुमेवाभिजानन्ति सर्वयज्ञेषु ब्राह्मणाः ॥ १० ॥
पायसैः सुमनोभिश्च तस्यापि यजनं स्मृतम् ।

ब्राह्मण तो सम्पूर्ण यज्ञोंमें भगवान् विष्णुका ही आदर-भाव मानते हैं और खीर तथा फूल आदिसे ही उनकी पूजाका विधान है ॥ १०½ ॥

यज्ञियाश्चैव ये वृक्षा वेदेषु परिकल्पिताः ॥ ११ ॥
यच्चापि किंचित् कर्तव्यमन्यच्चोक्षैः सुसंस्कृतम् ।
महासत्त्वैः शुद्धभावैः सर्वं देवार्हमेव तत् ॥ १२ ॥

वेदोंमें जो यज्ञ-सम्बन्धी वृक्ष बताये गये हैं, उन्हींका यज्ञोंमें उपयोग होना चाहिये। शुद्ध आचार विचारवाले महान् सत्त्वगुणी पुरुष अपनी विशुद्ध भावनासे प्रोक्षण आदिके द्वारा उत्तम संस्कार करके जो कोई भी हविष्य या नैवेद्य तैयार करते हैं, वह सब देवताओंको अर्पण करनेके योग्य ही होता है ॥ ११-१२ ॥

युधिष्ठिर उवाच

शरीरमापदश्चापि विवदन्त्यविहिंसतः ।
कथं यात्रा शरीरस्य निरारम्भस्य सेत्स्यते ॥ १३ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! जो हिंसासे अलग दूर रहनेवाला है, उस पुरुषका शरीर और आपत्तियाँ परस्पर विवाद करने लगती हैं—आपत्तियाँ शरीरका शोषण करती हैं और शरीर आपत्तियोंका नाश चाहता है; अतः सूक्ष्म हिंसाके भयसे कृषि आदि किसी कार्यका आरम्भ न करनेवाले पुरुषकी शरीरयात्राका निर्वाह कैसे होगा ? ॥ १३ ॥

भीष्म उवाच

यथा शरीरं न ग्लायेन्नेयान्मृत्युवशं यथा ।
तथा कर्मसु वर्तेत समर्थो धर्ममाचरेत् ॥ १४ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! कर्मोंमें इस प्रकार प्रवृत्त होना चाहिये, जिससे शरीरकी शक्ति सर्वथा क्षीण न हो जाय, जिससे वह मृत्युके अधीन न हो जाय; क्योंकि मनुष्य शरीरके समर्थ होनेपर ही धर्मका पालन कर सकता है ॥ १४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि विचख्नुगीतायां पञ्चषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें विचख्नुगीताविषयक दो सौ पैंसठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६५ ॥

षट्षष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

महर्षि गौतम और चिरकारीका उपाख्यान—दीर्घकालतक सोच-विचारकर कार्य करनेकी प्रशंसा

युधिष्ठिर उवाच

कथं कार्यं परीक्षेत शीघ्रं वाथ चिरेण वा ।
सर्वथा कार्यदुर्गेऽस्मिन् भवान् नः परमो गुरुः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! आप मेरे परम गुरु हैं। कृपया यह बतलाइये कि यदि कभी सर्वथा ऐसा कार्य उपस्थित हो जाय, जो गुरुजनोंकी आज्ञाके कारण अवश्य कर्तव्य हो, परंतु हिंसायुक्त होनेके कारण दुष्कर एवं अनुचित प्रतीत होता हो तो ऐसे अवसरपर उस कार्यकी परख कैसे करनी चाहिये ? उसे शीघ्र कर डाले या देरतक उसपर विचार करता रहे ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
चिरकारेस्तु यत् पूर्वं वृत्तमाङ्गिरसे कुले ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—बेटा ! इस विषयमें जानकार लोग इस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, जो पहले आङ्गिरस-कुलमें उत्पन्न चिरकारीपर बीत चुका है ॥ २ ॥

चिरकारिक भद्रं ते भद्रं ते चिरकारिक ।
चिरकारी हि मेधावी नापराध्यति कर्मसु ॥ ३ ॥

'चिरकारी ! तुम्हारा कल्याण हो। चिरकारी ! तुम्हारा मङ्गल हो। चिरकारी बड़ा बुद्धिमान् है। चिरकारी कर्मोंके पालनमें कभी अपराध नहीं करता है।' (यह बात चिरकारीकी प्रशंसा करते हुए उसके पिताने कही थी) ॥ ३ ॥

चिरकारी महाप्राज्ञो गौतमस्याभवत् सुतः ।
चिरेण सर्वकार्याणि विमृश्यार्थान् प्रपद्यते ॥ ४ ॥

कहते हैं, महर्षि गौतमके एक महाज्ञानी पुत्र था, जिसका नाम था चिरकारी। वह कर्तव्य विषयोंका भलीभाँति

विचार करके सारे कार्य विलम्बसे किया करता था ॥ ४ ॥

चिरं [illegible] चिन्तयत्यर्थांश्चिरं जाग्रच्चिरं स्वपन्।
चिरं कार्याभिपत्तिं च चिरकारी तथोच्यते ॥ ५ ॥

वह सभी विषयोंपर बहुत देरतक विचार करता था, चिरकालतक जागता और चिरकालतक सोता था तथा चिर-विलम्बके बाद ही कार्य पूर्ण करता था; इसलिये सब लोग उसे चिरकारी कहने लगे ॥ ५ ॥

अलसग्रहणं प्राप्तो दुर्मेधावी तथोच्यते।
बुद्धिलाघवयुक्तेन जनेनादीर्घदर्शिना ॥ ६ ॥

जो दूरतककी [illegible] नहीं सोच सकते, ऐसे मन्दबुद्धि मानवोंने उसे आलसीकी उपाधि दे दी। उसे दुर्बुद्धि कहा जाने [illegible] ॥ ६ ॥

व्यभिचारे [illegible] कस्मिंश्चिद् व्यतिक्रम्यापरान् सुतान्।
पित्रोक्तः कुपितेनाथ जहीमां जननीमिति ॥ ७ ॥

एक दिनकी [illegible] है, गौतमने अपनी स्त्रीके [illegible] किये गये किसी व्यभिचारपर कुपित [illegible] अपने दूसरे पुत्रोंको न कहकर चिरकारीसे कहा—'बेटा! तू अपनी इस पापिनी माताको मार डाल' ॥ ७ ॥

इत्युक्त्वा स तदा विप्रो गौतमो जपतां वरः।
अविमृश्य महाभागो वनमेव जगाम सः ॥ ८ ॥

उस समय बिना विचारे ही ऐसी आज्ञा देकर जप करनेवालोंमें श्रेष्ठ ब्रह्मर्षि महाभाग गौतम वनमें चले गये ॥ ८ ॥

स तथेति चिरेणोक्त्वा स्वभावाच्चिरकारिकः।
विमृश्य चिरकारित्वाच्चिन्तयामास वै चिरम् ॥ ९ ॥

चिरकारीने अपने स्वभावके अनुसार देर करके कहा, 'बहुत अच्छा'। चिरकारी तो वह था ही, चिरकालतक उस बातपर विचार करता रहा ॥ ९ ॥

पितुराज्ञां कथं कुर्यां न हन्यां मातरं कथम्।
[illegible] धर्मच्छलेनास्मिन् निमज्जेयमसाधुवत् ॥ १० ॥

उसने सोचा [illegible] 'मैं किस उपायसे [illegible] दूँ जिससे पिताकी आज्ञाका पालन भी हो [illegible] और माताका वध भी न करना पड़े। धर्मके बहाने यह मेरे ऊपर महान् संकट आ गया है। भला, अन्य असाधु पुरुषोंकी भाँति [illegible] भी इसमें डूबनेका कैसे साहस करूँ? ॥ १० ॥

पितुराज्ञा परो धर्मः स्वधर्मो मातृरक्षणम्।
[illegible] च पुत्रत्वं किं [illegible] मां नानुपीडयेत् ॥ ११ ॥

'पिताकी आज्ञाका पालन परम धर्म है और माताकी रक्षा करना पुत्रका प्रधान धर्म है। पुत्र कभी स्वतन्त्र नहीं होता, वह सदा माता-पिताके अधीन ही रहता है, अतः क्या करूँ जिससे मुझे धर्मकी हानिरूप पीड़ा न हो ॥ ११ ॥

स्त्रियं हत्वा मातरं च को हि जातु सुखी भवेत्।
पितरं चाप्यवज्ञाय [illegible] प्रतिष्ठामवाप्नुयात् ॥ १२ ॥

[illegible] तो स्त्री-जाति, दूसरे माताका वध करके कौन पुत्र कभी भी सुखी हो सकता है? पिताकी अवहेलना करके भी कौन प्रतिष्ठा पा [illegible] है? ॥ १२ ॥

अनवज्ञा पितुर्युक्ता धारणं मातृरक्षणम्।
युक्तक्षमावुभावेतौ नातिवर्तेत मां कथम् ॥ १३ ॥

'पिताका अनादर उचित नहीं है, साथ ही माताकी [illegible] करना भी पुत्रका धर्म है। ये दोनों ही धर्म उचित और योग्य हैं। मैं किस प्रकार इनका उल्लङ्घन न करूँ? ॥ १३ ॥

पिता ह्यात्मानमाधत्ते जायायां अशिवानिति।
शीलचारित्रगोत्रस्य धारणार्थं कुलस्य च ॥ १४ ॥

'पिता स्वयं अपने शील, सदाचार, कुल और गोत्रकी रक्षाके लिये स्त्रीके गर्भमें अपना ही आधान [illegible] और पुत्ररूपमें [illegible] होता है ॥ १४ ॥

सोऽहं मात्रा स्वयं पित्रा पुत्रत्वे प्रकृतः पुनः।
[illegible] मे कथं न स्याद् द्वौ बुद्ध्ये चात्मसम्भवम् ॥ १५ ॥

'अतः मुझे [illegible] और पिता—दोनोंने ही पुत्रके रूपमें जन्म दिया है। मैं इन दोनोंको ही अपनी उत्पत्तिका [illegible] [illegible] हूँ। मेरा ऐसा ही ज्ञान क्यों न सदा बना रहे? ॥

जातकर्मणि यत् प्राह पिता यच्चोपकर्मणि।
पर्याप्तः स दृढीकारः पितुर्गौरवनिश्चये ॥ १६ ॥

'जातकर्म-संस्कार और उपनयन-संस्कारके [illegible] पिताने जो आशीर्वाद दिया है, वह पिताके गौरवका निश्चय करानेमें पर्याप्त एवं सुदृढ़ प्रमाण है ॥ १६ ॥

गुरुरग्र्यः परो धर्मः पोषणाध्यापनान्वितः।
पिता यदाह धर्मः स वेदेष्वपि सुनिश्चितः ॥ १७ ॥

'पिता भरण-पोषण करने [illegible] शिक्षा देनेके कारण पुत्रका प्रधान गुरु है। [illegible] परम धर्मका साक्षात् [illegible] है। पिता जो कुछ आज्ञा दे, उसे ही धर्म समझकर स्वीकार [illegible] चाहिये। वेदोंमें भी उसीको धर्म निश्चित किया [illegible] है ॥ १७ ॥

प्रीतिमात्रं पितुः पुत्रः सर्वं पुत्रस्य वै पिता।
शरीरादीनि देयानि पिता त्वेकः प्रयच्छति ॥ १८ ॥

'पुत्र पिताकी सम्पूर्ण प्रीतिरूप है और पिता पुत्रका सर्वस्व है। केवल पिता ही पुत्रको देह आदि सम्पूर्ण देने योग्य वस्तुओंको देता है ॥ १८ ॥

तस्मात् पितुर्वचः कार्यं न विचार्यं कदाचन।
पातकान्यपि पूयन्ते पितुः शासनकारिणः ॥ १९ ॥

'इसलिये पिताके आदेशका पालन करना चाहिये। उसपर कभी कोई विचार नहीं करना चाहिये। जो पिताकी आज्ञाका पालन करनेवाला है, [illegible]के पातक भी नष्ट हो जाते हैं ॥ १९ ॥

भोग्ये भोज्ये प्रवचने सर्वलोकनिदर्शने।

भर्त्रा चैव समायोगे सीमन्तोन्नयने तथा ॥ २० ॥

'पुत्रके भोग्य (वस्त्र आदि), भोज्य (अन्न आदि), प्रवचन (वेदाध्ययन), सम्पूर्ण लोक व्यवहारकी शिक्षा तथा गर्भाधान, पुंसवन और सीमन्तोन्नयन आदि संस्कारोंके सम्पादनमे पिता ही प्रभु है ॥ २० ॥

पिता धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः ।
पितरि प्रीतिमापन्ने सर्वाः प्रीयन्ति देवताः ॥ २१ ॥

'इसलिये पिता धर्म है, पिता स्वर्ग है और पिता ही सबसे बड़ी तपस्या है । पिताके प्रसन्न होनेपर सम्पूर्ण देवता प्रसन्न हो जाते हैं ॥ २१ ॥

आशिषस्ता भजन्त्येनं परुषं प्राह यत् पिता ।
निष्कृतिः सर्वपापानां पिता यच्चाभिनन्दति ॥ २२ ॥

'पिता पुत्रसे यदि कुछ कठोर बातें कह देता है तो वे आशीर्वाद बनकर उसे अपना लेती हैं और पिता यदि पुत्रका अभिनन्दन करता है—मीठे वचन बोलकर उसके प्रति प्यार और आदर दिखाता है तो इससे पुत्रके सम्पूर्ण पापोका प्रायश्चित्त हो जाता है ॥ २२ ॥

मुच्यते बन्धनात् पुष्पं फलं वृक्षात् प्रमुच्यते ।
क्लिश्यन्नपि सुतं स्नेहैः पिता पुत्रं न मुञ्चति ॥ २३ ॥

'फूल डंठलसे अलग हो जाता है, फल वृक्षसे [illegible] हो जाता है; परंतु पिता कितने ही कष्टमें क्यों न हो, लाड़-प्यारसे पाले हुए अपने पुत्रको कभी नहीं छोड़ता है अर्थात् पुत्र कभी पितासे अलग नहीं हो सकता ॥ २३ ॥

एतद् विचिन्तितं तावत् पुत्रस्य पितृगौरवम् ।
पिता नाल्पतरं स्थानं चिन्तयिष्यामि मातरम् ॥ २४ ॥

'पुत्रके निकट पिताका कितना गौरव होना चाहिये, इस बातपर पहले विचार किया है । विचार करनेसे यह बात [illegible] हो गयी कि पिता पुत्रके लिये कोई छोटा-मोटा आश्रय नहीं है । [illegible] मैं माताके विषयमें सोचता हूँ ॥ २४ ॥

यो ह्ययं मयि संघातो मर्त्यत्वे पाञ्चभौतिकः ।
अस्य मे जननी हेतुः पावकस्य यथारणिः ॥ २५ ॥

'मेरे लिये जो [illegible] पाञ्चभौतिक मनुष्यशरीर मिला है, इसके उत्पन्न होनेमें मेरी माता ही मुख्य हेतु है । जैसे अग्निके [illegible] होनेका मुख्य आधार अरणी-काष्ठ है ॥ २५ ॥

माता देहारणिः पुंसां सर्वस्यार्तस्य निर्वृतिः ।
मातृलाभे सनाथत्वमनाथत्वं विपर्यये ॥ २६ ॥

'माता मनुष्योंके शरीररूपी अग्निको [illegible] करनेवाली अरणी है । संसारके समस्त आर्त प्राणियोंको सुख और सान्त्वना प्रदान करनेवाली माता ही है । जबतक माता जीवित रहती है, मनुष्य अपनेको सनाथ समझता है और उसके न रहनेपर वह अनाथ हो जाता है ॥ २६ ॥

न च शोचति नाप्येनं स्थाविर्यमपकर्षति ।
श्रिया हीनोऽपि यो गेहमम्बेति प्रतिपद्यते ॥ २७ ॥

'माताके रहते मनुष्यको कभी चिन्ता नहीं होती है, बुढ़ापा उसे अपनी ओर नहीं खींचता है । जो अपनी माँको पुकारता हुआ घरमें जाता है, वह निर्धन होनेपर भी मानो माता अन्नपूर्णाके पास चला जाता है ॥ २७ ॥

पुत्रपौत्रोपपन्नोऽपि जननीं यः समाश्रितः ।
अपि वर्षशतस्यान्ते स द्विहायनवच्चरेत् ॥ २८ ॥

'पुत्र और पौत्रोंसे सम्पन्न होनेपर भी जो अपनी माताके आश्रयमें रहता है, वह सौ वर्षकी अवस्थाके बाद भी उसके पास दो वर्षके बच्चेके समान आचरण करता है ॥ २८ ॥

समर्थं वासमर्थं वा कृशं वाप्यकृशं तथा ।
रक्षत्येव सुतं माता नान्यः पोष्टा विधानतः ॥ २९ ॥

'पुत्र असमर्थ हो या समर्थ, दुर्बल हो या हृष्ट-पुष्ट, माता उसका पालन करती ही है । माताके सिवा दूसरा कोई विधिपूर्वक पुत्रका पालन-पोषण नहीं कर सकता ॥ २९ ॥

तदा स वृद्धो भवति तदा भवति दुःखितः ।
तदा शून्यं जगत् तस्य यदा मात्रा वियुज्यते ॥ ३० ॥

'जब मातासे विछोह हो जाता है, उसी समय मनुष्य अपनेको बुड्ढा समझने लगता है, दुखी हो जाता है और उसके लिये सारा संसार सूना प्रतीत होने लगता है ॥ ३० ॥

नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृसमा गतिः ।
नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रिया ॥ ३१ ॥

'माताके समान दूसरी कोई छाया नहीं है अर्थात् माताकी छत्रछायामें जो सुख है, वह कहीं नहीं है । माताके तुल्य दूसरा सहारा नहीं है, माताके सदृश अन्य कोई रक्षक नहीं है तथा बच्चेके लिये माके समान दूसरी कोई प्रिय वस्तु नहीं है ॥ ३१ ॥

कुक्षिसंधारणाद् धात्री जननाज्जननी स्मृता ।
अङ्गानां वर्धनादम्बा वीरसूत्वेन वीरसूः ॥ ३२ ॥

'वह गर्भाशयमें धारण करनेके कारण धात्री, जन्म देनेके कारण जननी, शिशुका अङ्गवर्धन (पालन-पोषण) करनेसे अम्बा तथा वीर-संतानका प्रसव करनेके कारण वीरसू कही गयी है ॥ ३२ ॥

शिशोः शुश्रूषणाच्छुश्रूर्माता देहमनन्तरम् ।
चेतनावान् नरो हन्याद् यस्य नासुषिरं शिरः ॥ ३३ ॥

'वह शिशुकी शुश्रूषा करके शुश्रू नाम धारण करती है । माता अपना निकटतम शरीर है । जिसका मस्तिष्क विचारशून्य नहीं हो गया है, ऐसा कोई सचेतन मनुष्य कभी अपनी माताकी हत्या नहीं कर सकता ॥ ३३ ॥

दम्पत्योः प्राणसंश्लेषे योऽभिसंधिः कृतः किल ।
तं माता च पिता चेति भूतार्थो मातरि स्थितः ॥ ३४ ॥

'पति और पत्नी मैथुनकालमें सुयोग्य पुत्र होनेके लिये

जो अभिलाषा करते हैं, उसे यद्यपि पिता और माता—दोनों धारण करते हैं तथापि वास्तवमें वह अभिलाषा मातामें ही प्रतिष्ठित होती है ॥ ३४ ॥

[illegible] जानाति यद्गोत्रं माता जानाति [illegible] सः ।
मातुर्भरणमात्रेण प्रीतिः स्नेहः पितुः [illegible] ॥ ३५ ॥

'पुत्रका गोत्र क्या है ? यह माता जानती है । वह किस पिताका पुत्र है ? यह भी [illegible] ही जानती है । माता बालकको अपने गर्भमें धारण करती है, इसलिये उसीका उसपर अधिक स्नेह और प्रेम होता है । पिताका तो अपनी संतानपर प्रभुत्वमात्र है ॥ ३५ ॥

पाणिबन्धं स्वयं कृत्वा [illegible] धर्ममुपेत्य च ।
यदा यास्यन्ति पुरुषाः स्त्रियो नार्हन्ति वाच्यताम्॥ ३६ ॥

'जब स्वयं ही पत्नीका पाणिग्रहण करके साथ-साथ धर्माचरण करनेकी प्रतिज्ञा लेकर भी पुरुष परायी स्त्रियोंके पास जायँगे (और उनपर बलात्कार करेंगे), तब इसके लिये स्त्रियोंको दोषी नहीं ठहराया जा [illegible] ॥ ३६ ॥

भरणाद्धि स्त्रियो भर्ता पालनाद्धि पतिस्तथा ।
गुणस्यास्य निवृत्तौ [illegible] न भर्ता [illegible] पुनः पतिः॥ ३७ ॥

'पुरुष अपनी स्त्रीका भरण-पोषण करनेसे भर्ता और पालन करनेके कारण पति कहलाता है । इन गुणोंके न रहनेपर [illegible] न तो भर्ता है और न पति [illegible] कहलाने योग्य है ॥

एवं स्त्री नापराध्नोति नर एवापराध्यति ।
व्युच्चरंश्च महादोषं नर एवापराध्यति ॥ ३८ ॥

'वास्तवमें स्त्रीका कोई अपराध नहीं होता है, पुरुष ही अपराध करता है । व्यभिचारका महान् पाप पुरुष ही करता है, इसलिये वही अपराधी है ॥ ३८ ॥

स्त्रिया हि परमो भर्ता दैवतं परमं स्मृतम् ।
तस्यात्मना [illegible] सदृशमात्मानं परमं ददौ ॥ ३९ ॥

'स्त्रीके लिये पति ही परम आदरणीय है, वही उसका सबसे बड़ा देवता माना गया है । मेरी माताने ऐसे पुरुषको आत्मसमर्पण किया है, जो शरीरसे, वेशभूषासे पिताजीके समान ही था ॥ ३९ ॥

नापराधोऽस्ति नारीणां नर एवापराध्यति ।
सर्वकार्यापराध्यत्वान्नापराध्यन्ति चाङ्गनाः ॥ ४० ॥

'ऐसे अवसरोंपर स्त्रियोंका अपराध नहीं होता, पुरुष ही अपराधी होता है । सभी कार्योंमें अबला होनेके कारण स्त्रियोंको अपराधके लिये विवश [illegible] दिया जाता है, अतः पराधीन होनेके कारण वे अपराधिनी नहीं हैं ॥ ४० ॥

यश्च -नोक्तोऽथ निर्देशः स्त्रिया मैथुनतृप्तये ।
तस्य स्मारयतो व्यक्तमधर्मो नास्ति संशयः ॥ ४१ ॥

'स्त्रीके द्वारा मैथुनजनित सुखसे तृप्त होनेके लिये कोई संकेत न करनेपर भी उसके कामको उद्दीप्त करनेवाले पुरुषको [illegible] ही अधर्मकी प्राप्ति होती [illegible] । इसमें संशय नहीं है ॥

एवं नारीं मातरं च गौरवे चाधिके स्थिताम् ।
अवध्यां तु विजानीयुः पशवोऽप्यविचक्षणाः ॥ ४२ ॥

'इस प्रकार विचार करनेसे एक तो वह नारी होनेके [illegible] ही अवध्य है, दूसरे मेरी पूजनीया माता है । माताका गौरव पितासे भी [illegible] है, जिसमें मेरी मा प्रतिष्ठित है । [illegible] भी [illegible] और माताको अवध्य मानते [illegible] (फिर [illegible] समझदार मनुष्य होकर भी उसका वध कैसे करूँ !) ॥

देवतानां समावायमेकस्थं पितरं विदुः ।
मर्त्यानां देवतानां च स्नेहादभ्येति मातरम् ॥ ४३ ॥

'मनीषी पुरुष यह जानते हैं कि पिता एक स्थानपर स्थित सम्पूर्ण देवताओंका समूह है; परंतु माताके भीतर उसके स्नेहवश समस्त मनुष्यों और देवताओंका समुदाय स्थित रहता है (अतः [illegible] गौरव पितासे भी अधिक है) ॥ ४३ ॥

एवं विमृशतस्तस्य चिरकारितया बहु ।
दीर्घः कालो व्यतिक्रान्तस्ततोऽस्याभ्यागमत् पिता॥४४॥

विलम्ब करनेका स्वभाव होनेके कारण चिरकारी इस प्रकार सोचता-विचारता रहा । इसी सोच-विचारमें बहुत अधिक [illegible] व्यतीत हो गया । इतनेमें ही उसके पिता वनसे लौट आये ॥ ४४ ॥

मेधातिथिर्महाप्राज्ञो गौतमस्तपसि स्थितः ।
विमृश्य तेन कालेन पत्न्याः संस्थाव्यतिक्रमम्॥ ४५ ॥
सोऽब्रवीद् भृशसंतप्तो दुःखेनाश्रूणि वर्तयन् ।
श्रुतधैर्यप्रसादेन पश्चात्तापमुपागतः ॥ ४६ ॥

महाज्ञानी तपोनिष्ठ मेधातिथि गौतम [illegible] समय पत्नीके वधके अनौचित्यपर विचार करके अधिक संतप्त हो गये । वे दुःखसे आँसू बहाते हुए वेदाध्ययन और धैर्यके प्रभावसे किसी तरह अपनेको सँभाले रहे और पश्चात्ताप करते हुए मन-ही-[illegible] इस प्रकार कहने लगे—॥ ४५-४६ ॥

आश्रमं [illegible] सम्प्राप्तस्त्रिलोकेशः पुरंदरः ।
अतिथिव्रतमास्थाय ब्राह्मणं रूपमास्थितः ॥ ४७ ॥
स मया सान्त्वितो वाग्भिः स्वागतेनाभिपूजितः ।
[illegible] यथान्यायं मया च प्रतिपादितः ॥ [illegible] ॥

'अहो ! त्रिभुवनका स्वामी इन्द्र ब्राह्मणका [illegible] धारण करके मेरे आश्रमपर आया था । मैंने अतिथि-सत्कारके गृहस्थोचित व्रतका आश्रय लेकर उसे मीठे वचनोंद्वारा सान्त्वना दी, उसका स्वागत-सत्कार किया और यथोचित रूपसे अर्घ्य-पाद्य आदि निवेदन करके मैंने स्वयं ही उसकी विधिवत् पूजा की ॥ ४७-४८ ॥

परवानस्मि चेत्युक्तः प्रणयिष्यति तेन च ।
अत्र चाकुशले जाते स्त्रिया नास्ति व्यतिक्रमः॥ ४९ ॥

'मैंने विनयपूर्वक कहा—'भगवन् ! [illegible] आपके अधीन

हूँ । आपके पदार्पणसे मैं सनाथ हो गया ।' मुझे [illegible] कि मेरे इस सद्व्यवहारसे संतुष्ट होकर अतिथिदेवता मुझसे प्रेम करेंगे; परंतु यहाँ इन्द्रकी विषयलोलुपताके कारण दुःखद घटना घटित हो गयी । इसमें मेरी स्त्रीका कोई अपराध नहीं॥

एवं न स्त्री न चैवाहं नाध्वगस्त्रिदशेश्वरः ।
अपराध्यति धर्मस्य प्रमादस्त्वपराध्यति ॥ ५० ॥

'इस प्रकार न तो स्त्री अपराधिनी है, न [illegible] अपराधी हूँ और न एक पथिक ब्राह्मणके वेशमें आया हुआ देवताओंका राजा इन्द्र ही अपराधी है । मेरेद्वारा धर्मके विषयमें जो स्त्रीवध-रूप प्रमाद हुआ है, वही इस अपराधकी जड़ है ॥ ५० ॥

ईर्ष्याजं व्यसनं प्राहुस्तेन चैवोर्ध्वरेतसः ।
ईर्ष्यया त्वहमाक्षिप्तो मग्नो दुष्कृतसागरे ॥ ५१ ॥

'ऊर्ध्वरेता मुनि उस प्रमादके ही कारण ईर्ष्याजनित संकट-की प्राप्ति बताते हैं; ईर्ष्याने मुझे पापके समुद्रमें ढकेल दिया है और मैं उसमें डूब गया हूँ ॥ ५१ ॥

हत्वा साध्वीं च नारीं च व्यसनित्वाच्च वासिताम्।
भर्तव्यत्वेन भार्यां च को [illegible] मां तारयिष्यति ॥ ५२ ॥

'जिसे मैंने पत्नीके रूपमें अपने घरमें आश्रय दिया था । जो एक सती-साध्वी नारी थी और भार्या होनेके कारण मुझसे भरण-पोषण पानेकी अधिकारिणी थी, उसीका मैंने प्रमादरूपी व्यसनके वशीभूत होनेके कारण वध करा डाला । [illegible] इस पापसे मेरा कौन उद्धार करेगा ? ॥ ५२ ॥

अन्तरेण मयाऽऽज्ञप्तश्चिरकारीत्युदारधीः ।
यद्यद्य चिरकारी स्यात् स मां त्रायेत पातकात्॥ ५३ ॥

'परंतु मैंने उदारबुद्धि चिरकारीको उसकी माताके वधके लिये आज्ञा दी थी । यदि उसने इस कार्यमें विलम्ब करके अपने नामको सार्थक किया हो, तो वही मुझे स्त्रीहत्याके पापसे बचा सकता है ॥ ५३ ॥

चिरकारिक भद्रं ते भद्रं ते चिरकारिक ।
यद्यद्य चिरकारी त्वं ततोऽसि चिरकारिकः ॥ ५४ ॥

'बेटा चिरकारी ! तेरा कल्याण हो । चिरकारी ! तेरा मङ्गल हो । यदि आज भी तूने विलम्बसे कार्य करनेके अपने स्वभावका अनुसरण किया हो तभी तेरा चिरकारी नाम सफल हो सकता है ॥ ५४ ॥

त्राहि मां मातरं चैव तपो यच्चार्जितं मया ।
आत्मानं पातकेभ्यश्च भवाद्य चिरकारिकः ॥ ५५ ॥

'बेटा ! आज विलम्ब करके तू वास्तवमें चिरकारी बन और मेरी, अपनी माताकी तथा मैंने जो तपका उपार्जन किया है, उसकी भी रक्षा कर । साथ ही अपने आपको भी पातकोंसे बचा ले ॥ ५५ ॥

सहजं चिरकारित्वमतिप्रज्ञतया तव ।
सफलं तत् तथा तेऽस्तु भवाद्य चिरकारिकः॥ ५६ ॥

'अत्यन्त बुद्धिमान् होनेके कारण तुझमें जो चिरकारिता [illegible] सहज गुण है, वह इस [illegible] सफल हो । आज तू वास्तवमें चिरकारी बन ॥ ५६ ॥

चिरमाशंसितो मात्रा चिरं गर्भेण धारितः ।
सफलं चिरकारित्वं कुरु त्वं चिरकारिक ॥ ५७ ॥

'तेरी माता चिरकालसे तेरे जन्मकी आशा लगाये बैठी थी । उसने चिरकालतक तुझे गर्भमें धारण किया है, अतः बेटा चिरकारी ! आज तू अपनी माताकी रक्षा करके चिर-कारिताको [illegible] कर ले ॥ ५७ ॥

चिरायते च संतापाच्चिरं स्वपिति वारितः ।
आवयोश्चिरसंतापादवेक्ष्य चिरकारिकः ॥ ५८ ॥

'मेरा बेटा चिरकारी कोई दुःख [illegible] संताप प्राप्त होनेपर भी कार्य करनेमें विलम्ब करनेका स्वभाव नहीं छोड़ता है । मना करनेपर भी चिरकालतक सोता रहता है । आज हम दोनों माता-पिताका चिरसंताप देखकर [illegible] अवश्य चिरकारी बने' ॥ ५८ ॥

एवं स दुःखितो राजन् महर्षिर्गौतमस्तदा ।
चिरकारिं ददर्शाथ पुत्रं स्थितमथान्तिके ॥ ५९ ॥

राजन् ! इस प्रकार दुखी हुए महर्षि गौतमने घर आने-पर अपने पुत्र चिरकारीको [illegible] ही खड़ा देखा ॥ ५९ ॥

चिरकारी तु पितरं दृष्ट्वा परमदुःखितः ।
शस्त्रं त्यक्त्वा ततो मूर्ध्ना प्रसादायोपचक्रमे॥ ६० ॥

पिताको उपस्थित देख चिरकारी बहुत दुखी हुआ । वह हथियार फेंककर उनके चरणोंमें मस्तक झुका उन्हें प्रसन्न करनेकी चेष्टा करने लगा ॥ ६० ॥

गौतमस्तं ततो दृष्ट्वा शिरसा पतितं भुवि ।
पत्नीं चैव निराकारां परामभ्यागमन्मुदम् ॥ ६१ ॥

गौतमने देखा, चिरकारी पृथ्वीपर माथा टेककर पड़ा है और पत्नी लज्जाके मारे निश्चेष्ट खड़ी है । यह देखकर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई ॥ ६१ ॥

न हि सा तेन सम्भेदं पत्नी नीता महात्मना ।
विजने चाश्रमस्थेन पुत्रश्चापि समाहितः ॥ ६२ ॥

एकान्त वनमें उस आश्रमके भीतर रहनेवाले महात्मा गौतमने अपनी पत्नी तथा एकाग्रचित्त पुत्र चिरकारीको कभी अपनेसे अलग नहीं किया ॥ ६२ ॥

हन्या इति समादेशः शस्त्रपाणौ सुते स्थिते ।
विनीते प्रसवत्यर्थे विचासे चात्मकर्मसु ॥ ६३ ॥

अपने आवश्यक कर्म जप-ध्यान आदिके लिये महर्षि गौतमके बाहर चले जानेपर उनका पुत्र चिरकारी [illegible] हाथमें हथियार लेकर खड़ा [illegible] तथापि माताकी रक्षाके लिये वह विनीतभावसे कुछ सोचता-विचारता रहा । [illegible]

चिरकारी शस्त्र त्यागकर अपने पिताको प्रणाम कर रहे हैं

माताको मार डालनेका जो आदेश प्राप्त हुआ था, वह पालित न हो सका ॥ ६३ ॥

बुद्धिश्चासीत् सुतं दृष्ट्वा पितुश्चरणयोर्नतम् ।
शस्त्रग्रहणचापल्यं संवृणोति भयादिति ॥ ६४ ॥

पुत्रको अपने चरणोंमें नतमस्तक हुआ देख गौतमके मनमें यह विचार हुआ कि सम्भवतः चिरकारी भयके मारे हथियार उठानेकी चपलताको छिपा रहा है ॥ ६४ ॥

ततः पित्रा चिरं स्तुत्वा चिरं चाघ्राय मूर्धनि।
चिरं दोर्भ्यां परिष्वज्य चिरं जीवेत्युदाहृतः ॥ ६५ ॥

तब पिताने चिरकालतक उसकी [illegible] करके देरतक उसका मस्तक सूँघा और चिरकालतक दोनों भुजाओंसे खींचकर उसे हृदयसे लगाये रक्खा और आशीर्वाद देते हुए कहा—'बेटा ! चिरञ्जीवी हो' ॥ ६५ ॥

एवं स गौतमः पुत्रं प्रीतिहर्षगुणैर्युतः ।
अभिनन्द्य महाप्राज्ञ इदं वचनमब्रवीत् ॥ ६६ ॥

महामते ! इस प्रकार प्रेम और हर्षसे भरे हुए गौतमने पुत्रका अभिनन्दन करके यह बात कही—॥६६॥

चिरकारिक भद्रं ते चिरकारी चिरं भव ।
चिराय यदि ते सौम्य चिरमस्मि न दुःखितः॥ ६७ ॥

'बेटा चिरकारी ! तेरा कल्याण हो ! तू चिरकालतक चिरकारी एवं चिरञ्जीवी बना रह । सौम्य ! यदि तू चिरकालतक ऐसे ही स्वभावका बना रहा तो [illegible] दीर्घकालतक कभी दुखी नहीं होऊँगा' ॥ ६७ ॥

गाथाश्चाप्यब्रवीद् विद्वान् गौतमो मुनिसत्तमः ।
चिरकारिषु धीरेषु गुणोद्देशसमाश्रयाः ॥ ६८ ॥

तदनन्तर विद्वान् मुनिश्रेष्ठ गौतमने कुछ गाथाएँ गायीं । चिरकालतक सोच-विचारकर [illegible] करनेवाले धीर पुरुषोंमें जो गुण होते हैं, उनसे सम्बन्ध रखनेवाली वे गाथाएँ इस [illegible] हैं—॥ ६८ ॥

चिरेण मित्रं बध्नीयाच्चिरेण च कृतं त्यजेत् ।
चिरेण हि कृतं मित्रं चिरं धारणमर्हति ॥ ६९ ॥

चिरकालतक सोच-विचार करके किसीके [illegible] मित्रता जोड़नी चाहिये और जिसे मित्र बना लिया, उसे सहसा नहीं छोड़ना चाहिये । यदि छोड़नेकी आवश्यकता पड़ ही जाय तो उसके परिणामपर चिरकालतक विचार कर लेना चाहिये । दीर्घकालतक सोच-विचार करके बनाया हुआ जो मित्र है, उसीकी मैत्री चिरकालतक टिक पाती है ॥६९॥

रागे दर्पे च माने च द्रोहे पापे च कर्मणि ।
अप्रिये चैव कर्तव्ये चिरकारी प्रशस्यते ॥ ७० ॥

'राग, दर्प, अभिमान, द्रोह, पापाचरण और किसीका अप्रिय करनेमें जो विलम्ब करता है, उसकी प्रशंसा की जाती है ॥ ७० ॥

बन्धूनां सुहृदां चैव भृत्यानां स्त्रीजनस्य च ।
अव्यक्तेष्वपराधेषु चिरकारी प्रशस्यते ॥ ७१ ॥

'बन्धुओं, सुहृदों, सेवकों और स्त्रियोंके छिपे हुए अपराधोंके विषयमें कुछ निर्णय करनेमें भी जो जल्दबाजी न करके दीर्घकालतक सोच-विचार करता है, उसीकी प्रशंसा [illegible] जाती है' ॥ ७१ ॥

एवं स गौतमस्तत्र प्रीतः पुत्रस्य भारत ।
कर्मणा तेन कौरव्य चिरकारितया तथा ॥ ७२ ॥

भारत ! कुरुनन्दन ! इस [illegible] गौतम वहाँ अपने पुत्रके विलम्बपूर्वक कार्य करनेके कारण बहुत प्रसन्न हुए थे ॥७२॥

एवं सर्वेषु कार्येषु विमृश्य पुरुषस्ततः ।
चिरेण निश्चयं [illegible] चिरं न परितप्यते ॥ ७३ ॥

इस [illegible] सभी कार्योंमें विचार करके चिरकालके पश्चात् किसी निश्चयपर पहुँचनेवाले पुरुषको दीर्घकालतक पश्चात्ताप नहीं करना पड़ता ॥ ७३ ॥

[illegible] धारयते रोषं चिरं कर्म नियच्छति ।
पश्चात्तापकरं कर्म न किंचिदुपपद्यते ॥ ७४ ॥

जो चिरकालतक रोषको अपने भीतर ही दबाये रखता है और रोषपूर्वक किये जानेवाले कर्मको देरतक रोके रहता है, उसके द्वारा कोई कर्म ऐसा नहीं बनता, जो पश्चात्ताप करानेवाला हो ॥ ७४ ॥

चिरं वृद्धानुपासीत चिरमन्वास्य पूजयेत् ।
चिरं धर्मं निषेवेत कुर्याच्चान्वेषणं चिरम् ॥ ७५ ॥

दीर्घकालतक बड़े-बूढ़ोंकी सेवा करे । दीर्घकालतक उनका सङ्ग करके उनकी पूजा (आदर-सत्कार) करे । चिर-[illegible] धर्मका सेवन और दीर्घकालतक उसका अनुसंधान करे॥

चिरमन्वास्य विदुषश्चिरं शिष्टान् निषेव्य च ।
चिरं विनीय चात्मानं चिरं यात्यनवज्ञताम् ॥ ७६ ॥

अधिक समयतक विद्वानोंका सङ्ग करके चिरकालतक शिष्ट पुरुषोंकी सेवामें रहे तथा चिरकालतक अपने मनको वशमें रखे । इससे मनुष्य चिरकालतक अवज्ञाका नहीं किंतु सम्मानका भागी होता है ॥ ७६ ॥

ब्रुवतश्च परस्यापि वाक्यं धर्मोपसंहितम् ।
चिरं पृष्टोऽपि च ब्रूयाच्चिरं न परितप्यते ॥ ७७ ॥

धर्मोपदेश करनेवाले पुरुषसे यदि कोई प्रश्न करे तो उसे देरतक सोच-विचार [illegible] ही उत्तर देना चाहिये । ऐसा करनेसे उसको देरतक पश्चात्ताप नहीं करना पड़ता है ॥ ७७ ॥

[illegible] बहुलास्तस्मिन्नाश्रमे सुमहातपाः ।

समाः स्वर्गं गतो विप्रः पुत्रेण सहितस्तदा ॥ ७८ ॥

वे महातपस्वी ब्रह्मर्षि गौतम उस आश्रममें बहुत वर्षोंतक रहकर अन्तमें पुत्र चिरकारीके साथ ही स्वर्गको सिधारे ॥ ७८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि चिरकारिकोपाख्याने षट्षष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें चिरकारीका उपाख्यानविषयक दो सौ छाछठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६६ ॥

सप्तषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

द्युमत्सेन और सत्यवान्‌का संवाद—अहिंसापूर्वक राज्यशासनकी श्रेष्ठताका कथन

युधिष्ठिर उवाच

कथं राजा प्रजा रक्षेन्न च किंचित् प्रघातयेत्।
पृच्छामि त्वां सतां श्रेष्ठ तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—सत्पुरुषोंमें श्रेष्ठ पितामह ! मैं आपसे यह पूछ रहा हूँ कि राजा किस प्रकार प्रजाकी रक्षा करे, जिससे उसको किसीकी हिंसा न करनी पड़े; यह आप मुझे बतानेकी कृपा करें ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
द्युमत्सेनस्य संवादं राज्ञा सत्यवता सह ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! इस विषयमें राजा सत्यवान्‌के साथ उनके पिता द्युमत्सेनका जो संवाद हुआ था, उसी प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया जाता है ॥ २ ॥

अव्याहृतं व्याजहार सत्यवानिति नः श्रुतम्।
वधायोन्नीयमानेषु पितुरेवानुशासनात् ॥ ३ ॥

हमने सुना है कि एक दिन सत्यवान्‌ने देखा कि पिताकी आज्ञासे बहुत-से अपराधी शूलीपर चढ़ा देनेके लिये ले जाये जा रहे हैं। उस समय उन्होंने पिताके पास जाकर ऐसी बात कही, जो पहले किसीने नहीं कही थी ॥ ३ ॥

अधर्मतां याति धर्मो यात्यधर्मश्च धर्मताम्।
वधो नाम भवेद् धर्मो नैतद् भवितुमर्हति ॥ ४ ॥

'पिताजी ! यह ठीक है कि कभी ऊपरसे धर्म-सा दिखायी देनेवाला कार्य अधर्मरूप हो जाता है और अधर्म भी धर्मके रूपमें परिणत हो जाता है, तथापि किसी प्राणीका वध करना भी धर्म हो—ऐसा कदापि नहीं हो सकता' ॥ ४ ॥

द्युमत्सेन उवाच

अथ चेदवधो धर्मोऽधर्मः को जातु चिद् भवेत्।
दस्यवश्चेन्न हन्येरन् सत्यवन् संकरो भवेत् ॥ ५ ॥

द्युमत्सेन बोले—बेटा सत्यवान् ! यदि अपराधीका वध न करना भी कभी धर्म हो तो अधर्म क्या हो सकता है ! यदि चोर-डाकू मारे न जायँ तो प्रजामें वर्णसंकरता और धर्मसंकरता फैल जाय ॥ ५ ॥

ममेदमिति नास्यैतत् प्रवर्तेत कलौ युगे।
लोकयात्रा न चैव स्यादथ चेद् वेत्थ शंस नः ॥ ६ ॥

कलियुग आनेपर तो लोग 'यह वस्तु मेरी है, इसकी नहीं है' ऐसा कहकर सीधे ही दूसरोंका धन हड़प लेंगे। इस तरह लोकयात्राका निर्वाह असम्भव हो जायगा। यदि तुम इसका कोई समाधान जानते हो, तो मुझसे बताओ ॥ ६ ॥

सत्यवानुवाच

सर्वं एते त्रयो वर्णाः कार्या ब्राह्मणबन्धनाः।
धर्मपाशनिबद्धानामन्योऽप्येवं चरिष्यति ॥ ७ ॥

सत्यवान् बोले—पिताजी ! क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र—इन तीनों वर्णोंको ब्राह्मणोंके अधीन कर देना चाहिये। जब चारों वर्णोंके लोग धर्मके बन्धनमें बँधकर उसका पालन करने लगेंगे तो उनकी देखा-देखी दूसरे मनुष्य सूत-मागध आदि भी धर्मका आचरण करेंगे ॥ ७ ॥

यो यस्तेषामपचरेत् तमाचक्षीत वै द्विजः।
अयं मे न शृणोतीति तस्मिन् राजा प्रधारयेत् ॥ ८ ॥

इनमेंसे जो भी ब्राह्मणकी आज्ञाके विपरीत आचरण करे, उसके विषयमें ब्राह्मणको राजाके पास जाकर कहना चाहिये कि 'अमुक मनुष्य मेरी बात नहीं सुनता है।' तब राजा उसी व्यक्तिको दण्ड दे ॥ ८ ॥

तत्त्वाभेदेन यच्छास्त्रं तत् कार्यं नान्यथाविधम्।
असमीक्ष्यैव कर्माणि नीतिशास्त्रं यथाविधि ॥ ९ ॥

जो दण्ड-विधान शरीरके पाँचों तत्त्वोंको अलग-अलग न कर सके अर्थात् किसीके प्राण न ले, उसीका प्रयोग करना चाहिये। नीतिशास्त्रकी आलोचना और अपराधीके कार्यका भलीभाँति विचार किये बिना ही इसके विपरीत कोई दण्ड नहीं देना चाहिये ॥ ९ ॥

दस्यून् निहन्ति वै राजा भूयसो वाप्यनागसः।
भार्या माता पिता पुत्रो हन्यन्ते पुरुषेण ते।
परेणापकृतो राजा तस्मात् सम्यक् प्रधारयेत् ॥ १० ॥

राजा डाकुओं अथवा दूसरे बहुत-से निरपराध मनुष्यों को मार डालता है और इस प्रकार उसके द्वारा मारे गये पुरुषके पिता-माता, स्त्री और पुत्र आदि भी जीविकाका कोई उपाय न रह जानेके कारण मानो मार दिये जाते हैं, अतः किसी दूसरेके अपकार करनेपर राजाको भलीभाँति विचार करना चाहिये (जल्दबाजी करके किसीको प्राणदण्ड नहीं देना चाहिये) ॥ १० ॥

असाधुश्चैव पुरुषो लभते शीलमेकदा।
साधोश्चापि ह्यसाधुभ्यः शोभना जायते ■ ॥ ११ ॥

दुष्ट पुरुष भी कभी साधुसङ्गसे सुधरकर सुशील बन जाता है तथा बहुत से दुष्ट पुरुषोंकी संतानें भी अच्छी निकल जाती हैं ॥ ११ ॥

न मूलघातः कर्तव्यो नैष धर्मः सनातनः।
अपि स्वल्पवधेनैव प्रायश्चित्तं विधीयते ॥ १२ ॥

इसलिये दुष्टोंको प्राणदण्ड देकर उनका मूलोच्छेद नहीं करना चाहिये। किसीकी ■ उखाड़ना सनातन धर्म नहीं है। अपराधके अनुरूप साधारण दण्ड देना चाहिये, उसीसे अपराधीके पापोंका प्रायश्चित्त हो जाता है ॥ १२ ॥

उद्वेजनेन बन्धेन विरूपकरणेन च।
वधदण्डेन ते क्लिश्या न पुरोहितसंसदि ॥ १३ ॥

अपराधीको ■ सर्वस्व छीन लेनेका भय दिखाया ■ अथवा उसे कैद कर लिया ■ या उसके किसी अङ्गको भङ्ग करके उसे कुरूप बना दिया जाय; परंतु प्राणदण्ड देकर उनके कुटुम्बियोंको क्लेश पहुँचाना उचित नहीं है। इसी तरह यदि वे पुरोहित ब्राह्मणकी शरणमें आ चुके हों तो भी राजा उन्हें दण्ड न दे ॥ १३ ॥

यदा पुरोहितं वा ते पर्येयुः शरणैषिणः।
करिष्यामः पुनर्ब्रह्मन् न पापमिति वादिनः ॥ १४ ॥
तदा विसर्गमर्हाः स्युरितीदं धातृशासनम्।
बिभ्रद् दण्डाजिनं मुण्डो ब्राह्मणोऽर्हति शासनम्॥ १५॥

यदि शरण चाहनेवाले डाकू या दुष्ट पुरुष पुरोहितकी शरणमें चले जायँ और यह प्रतिज्ञा करें कि 'ब्रह्मन्! अब हम फिर ऐसा पाप नहीं करेंगे' तो उन्हें छोड़ देना चाहिये। यह ब्रह्माजीका आदेश है। सिर मुड़ाकर दण्ड और मृगचर्म धारण करनेवाला संन्यासी ब्राह्मण भी यदि पाप करे तो दण्ड पानेका अधिकारी है ॥ १४-१५ ॥

गरीयांसो गरीयांसमपराधे पुनः पुनः।
तदा विसर्गमर्हन्ति न यथा प्रथमे तथा ॥ १६ ॥

यदि मनुष्य बारंबार अपराध करे, तो प्रमुख विचारकगण उसके अपराधके लिये गुरुतर दण्ड प्रदान करें। ■ अवस्थामें पहले बारके अपराधकी भाँति वे बिना दण्ड दिये छोड़ देनेके योग्य नहीं रह जाते हैं ॥ १६ ॥

द्युमत्सेन उवाच

■ ■ शक्येरन् संयन्तुं समये प्रजाः।
स तावान् प्रोच्यते धर्मो ■ प्रतिलङ्घ्यते ॥ १७ ॥

द्युमत्सेनने कहा—बेटा! जहाँ-जहाँ भी प्रजाको धर्मकी मर्यादाके भीतर नियन्त्रित करके रखा जा सके वहाँ-वहाँ वैसा करना धर्म ही बताया ■ है। जबतक कि धर्मका उल्लङ्घन नहीं किया जाता (तबतक ही वहाँ ऐसी व्यवस्था कर लेनी चाहिये) ॥ १७ ॥

अहन्यमानेषु पुनः सर्वमेव पराभवेत्।
पूर्वे पूर्वतरे चैव सुशास्या ह्यभवन् ■ ॥ १८ ॥
मृदवः सत्यभूयिष्ठा अल्पद्रोहाल्पमन्यवः।
पुरा धिग्दण्ड एवासीद् वाग्दण्डस्तदनन्तरम्॥ १९ ॥

यदि धर्मका उल्लङ्घन करनेपर भी लुटेरोंका ■ न किया जाय तो उनसे सारी प्रजाको ■ पहुँच सकता है। पहले और बहुत पहलेके लोगोंपर शासन करना सुगम था, क्योंकि उनका स्वभाव कोमल था, सत्यमें उनकी विशेष रुचि थी और द्रोह तथा क्रोधकी मात्रा उनमें बहुत कम थी। पहले अपराधीको धिक्कार देना ही बड़ा भारी दण्ड ■ ■ ■। तदनन्तर अपराधकी मात्रा बढ़नेपर वाग्दण्डका प्रचार हुआ—अपराधीको कटुवचन सुनाकर छोड़ दिया जाने ■ ॥ १८-१९ ॥

आसीदादानदण्डोऽपि वधदण्डोऽद्य वर्तते।
वधेनापि ■ शक्यन्ते नियन्तुमपरे जनाः ॥ २० ॥

इसके बाद आवश्यकता समझकर अर्थदण्ड भी चालू किया गया और आजकल तो वधका दण्ड भी प्रचलित हो गया है। बहुत ■ दुरात्मा मनुष्योंको तो प्राणदण्डके द्वारा भी काबूमें लाना या मर्यादाके भीतर रखना असम्भव-सा हो ■ है ॥ २० ॥

नैव दस्युर्मनुष्याणां न देवानामिति श्रुतिः।
न गन्धर्वपितृणां च कः कस्येह न ■ ॥ २१ ॥

सुननेमें आया है कि डाकू मनुष्यों, देवताओं, गन्धर्वों ■ पितरोंमेंसे किसीका आत्मीय नहीं होता। इतना ही नहीं, इस संसारमें कौन लुटेरा किसका है, यह प्रश्न ही नहीं उठ ■। कोई डाकू किसीका नहीं होता है, यही कहना यथार्थ है ॥ २१ ॥

पद्मं श्मशानादादत्ते पिशाचाच्चापि दैवतम्।
तेषु यः समयं कश्चित् कुर्वीत हतबुद्धिषु ॥ २२ ॥

वह तो मरघटमें जाकर मृत शरीरसे चिह्नभूत वस्त्र आदि उतार लाता है और देवताकी सम्पत्तिको भी लूट लेता है। जिनकी बुद्धि मारी गयी है, उन डाकुओंपर जो कोई विश्वास करता है, वह मूर्ख है ॥ २२ ॥

सत्यवानुवाच

तान् न शक्नोषि चेत् साधून् परित्रातुमहिंसया।
कस्यचिद् भूतभव्यस्य लाभेनान्तं तथा ■ ॥ २३ ॥

सत्यवान्ने कहा—पिताजी! यदि आप लुटेरोंका वध न करके साधुओंकी ■ करनेमें असमर्थ हैं, अथवा उन दस्युओंको ही साधु बनाकर अहिंसाद्वारा उनकी प्राणरक्षा नहीं कर सकते तो भूत, वर्तमान और भविष्यमें उनके पारमार्थिक लाभका उद्देश्य सामने रखकर किसी ■ उपायसे उनका या उनकी दस्युवृत्तिका अन्त कर दीजिये॥

राजानो लोकयात्रार्थं तप्यन्ते परमं तपः।
तेऽपत्रपन्ति तादृग्भ्यस्तथावृत्ता भवन्ति च ॥ २४ ॥

बहुत से नरेश, लोगोंकी जीवनयात्राका यथावत् रूपसे निर्वाह हो, इस उद्देश्यसे बड़ी भारी [illegible] करते हैं। वे राजा अपने राज्यमें चोर-डाकुओंके होनेसे लज्जाका अनुभव करते हैं। इसीलिये प्रजाको शुद्ध, सदाचारी एवं सुखी बनानेकी इच्छासे वैसी तपस्यामें प्रवृत्त होते हैं ॥ २४ ॥

वित्रास्यमानाः सुकृतो न कामाद् घ्नन्ति दुष्कृतीन्।
सुकृतेनैव राजानो भूयिष्ठं शासते प्रजाः ॥ २५ ॥

जब प्रजामें दण्डका भय उत्पन्न किया जाता है, तब वह सत्कर्मपरायण होती है; अतः भय दिखाकर प्रजाको धर्ममें लगाना ही दण्डका उद्देश्य है, किसीका प्राण लेना नहीं। राजालोग अपनी इच्छासे दुष्टोंका वध नहीं करते हैं। श्रेष्ठ नरेश प्रायः सत्कर्मों और सद्व्यवहारोंद्वारा ही दीर्घकालतक प्रजापर शासन करते हैं ॥ २५ ॥

श्रेयसः श्रेयसोऽप्येवं वृत्तं लोकोऽनुवर्तते।
सदैव हि गुरोर्वृत्तमनुवर्तन्ति मानवाः ॥ २६ ॥

इस प्रकार परम श्रेष्ठ राजाके सद्व्यवहारका सब लोग अनुसरण करते हैं। मनुष्य स्वभावसे ही सदा बड़ोंके आचरणोंका अनुकरण करते हैं ॥ २६ ॥

आत्मानमसमाधाय समाधित्सति यः परान्।
विषयेष्विन्द्रियवशं मानवाः प्रहसन्ति तम् ॥ २७ ॥

जो राजा स्वयं विषय भोगनेके लिये इन्द्रियोंका दास हो रहा है, अपने मनको काबूमें नहीं रख पाता है, वह यदि दूसरोंको सदाचारका उपदेश देने लगे तो लोग उसकी हँसी उड़ाते हैं ॥ २७ ॥

यो राज्ञो दम्भमोहेन किंचित् कुर्यादसाम्प्रतम्।
सर्वोपायैर्नियम्यः स [illegible] पापान्निवर्तते ॥ २८ ॥

यदि कोई मनुष्य दम्भ या मोहके कारण राजाके साथ किञ्चिन्मात्र भी कोई अनुचित बर्ताव करने लगे तो सभी उपायोंसे उसका दमन करना चाहिये। ऐसा करनेपर वह पापकर्मसे दूर हट जाता है ॥ २८ ॥

आत्मैवादौ नियन्तव्यो दुष्कृतं संनियच्छता।
दण्डयेच्च महादण्डैरपि बन्धूननन्तरान् ॥ २९ ॥

जो राजा पापकी प्रवृत्तिको रोकना चाहता हो, उसे पहले अपने मनको ही वशमें करना चाहिये। फिर अपने सगे बन्धु-बान्धव भी अपराध करें तो उनको भी भारी-से-भारी दण्ड देना चाहिये ॥ २९ ॥

यत्र वै पापकृन्नीचो न महद् दुःखमर्च्छति।
वर्धन्ते तत्र पापानि धर्मो ह्रसति च ध्रुवम् ॥ ३० ॥

जहाँ पाप करनेवाले नीचको महान् दुःख नहीं भोगना पड़ता है, वहाँ निश्चय ही पाप बढ़ता है और धर्मका ह्रास होता है ॥ ३० ॥

इति कारुण्यशीलस्तु विद्वान् वै ब्राह्मणोऽन्वशात्।
इति चैवानुशिष्टोऽस्मि पूर्वैस्तात पितामहैः ॥ ३१ ॥
आश्वासयद्भिः सुभृशमनुक्रोशात् तथैव च।
एतत् प्रथमकल्पेन राजा कृतयुगे जयेत् ॥ ३२ ॥

पिताजी! एक दयालु एवं विद्वान् ब्राह्मणने मुझे यह सब उपदेश दिया था। उस समय उसने कहा था कि तात सत्यवान्! मेरे पूर्वज पितामहोंने मुझे आश्वासन देते हुए अत्यन्त कृपापूर्वक ऐसी शिक्षा दी थी। इसलिये राजाको सत्ययुगमें जब कि धर्म अपने चारों चरणोंसे मौजूद रहता है, पूर्वोक्त प्रथम श्रेणीके (अहिंसामय) दण्डद्वारा ही प्रजाको वशमें करना चाहिये ॥ ३१-३२ ॥

पादोनेनापि धर्मेण गच्छेत् त्रेतायुगे तथा।
द्वापरे तु द्विपादेन पादेन त्वपरे युगे ॥ ३३ ॥

'त्रेतायुग आनेपर धर्मका प्रचार एक चौथाई कम हो [illegible] है, द्वापरमें धर्मके दो ही पैर रह जाते हैं; परंतु कलियुगमें तो धर्मका चतुर्थ भाग ही शेष रह जाता है ॥ ३३ ॥

तथा कलियुगे प्राप्ते राज्ञो दुश्चरितेन ह।
भवेत् कालविशेषेण कला धर्मस्य षोडशी ॥ ३४ ॥

'इस प्रकार कलियुग उपस्थित होनेपर राजाके दुर्व्यवहारसे तथा उस कालविशेषका प्रभाव पड़नेसे सम्पूर्ण धर्मकी सोलहवीं कलामात्र शेष रह जायगी ॥ ३४ ॥

[illegible] प्रथमकल्पेन सत्यवन् संकरो भवेत्।
आयुः शक्तिं [illegible] कालं च निर्दिश्य तप आदिशेत् ॥ ३५ ॥

'सत्यवान्! यदि प्रथम श्रेणीके अहिंसात्मक दण्डसे धर्म और अधर्मका सम्मिश्रण होने लगे, तब दण्डनीय व्यक्तिकी आयु, शक्ति और कालको ध्यानमें रखते हुए राजा यथोचित दण्डके लिये आज्ञा प्रदान करे ॥ ३५ ॥

सत्याय हि यथा नेह जह्याद् धर्मफलं महत्।
भूतानामनुकम्पार्थं मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत् ॥ ३६ ॥

'स्वायम्भुव मनुने प्राणियोंपर अनुग्रह करनेके लिये धर्मका उपदेश किया है, जिससे इस जगत्में वह सत्यस्वरूप परमात्माकी प्राप्ति करानेवाले धर्मके महान् फलसे वञ्चित न रह जाय' ॥ ३६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि द्युमत्सेनसत्यवत्संवादे सप्तषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें द्युमत्सेन और सत्यवान्का संवादविषयक दो सौ सरसठवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ २६७ ॥

अष्टषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

स्यूमरश्मि और कपिलका संवाद—स्यूमरश्मिके द्वारा यज्ञकी अवश्यकर्तव्यताका निरूपण

युधिष्ठिर उवाच

अविरोधेन भूतानां योगः षाड्गुण्यकारकः ।
यः स्यादुभयभाग्धर्मस्तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! प्राणियोंका विरोध (अहित) न करते हुए मनुष्योंको शम-दमादि छहों गुणोंकी प्राप्ति करानेवाला जो योग है तथा जो भोग और मोक्ष दोनों फलोंको प्राप्त करानेवाला धर्म है, वह मुझे बतलाइये ॥ १ ॥

गार्हस्थ्यस्य च धर्मस्य योगधर्मस्य चोभयोः ।
अदूरसम्प्रस्थितयोः किंस्विच्छ्रेयः पितामह ॥ २ ॥

दादाजी ! गार्हस्थ्यधर्म और योगधर्म दोनों एक दूसरेसे दूर नहीं हैं, तथापि उन दोनोंमेंसे कौन श्रेष्ठ है ? यह बतानेकी कृपा करें ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

उभौ धर्मौ महाभागावुभौ परमदुश्चरौ ।
उभौ महाफलौ तौ तु सद्भिराचरितावुभौ ॥ ३ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! गार्हस्थ्य और योगधर्म दोनों महान् सौभाग्य प्रदान करनेवाले हैं, दोनों अत्यन्त दुष्कर हैं। दोनोंके ही फल महान् हैं और दोनोंका ही श्रेष्ठ पुरुषोंने आचरण किया है ॥ ३ ॥

अत्र ते वर्तयिष्यामि प्रामाण्यमुभयोस्तयोः ।
शृणुष्वैकमनाः पार्थ छिन्नधर्मार्थसंशयम् ॥ ४ ॥

कुन्तीनन्दन ! मैं तुम्हें इन दोनों धर्मोंकी प्रामाणिकताका प्रतिपादन करूँगा और तुम्हारे धर्म तथा अर्थविषयक संदेहको मिटा दूँगा । तुम एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥ ४ ॥

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
कपिलस्य गोश्च संवादं तन्निबोध युधिष्ठिर ॥ ५ ॥

युधिष्ठिर ! इस विषयमें जानकार लोग महर्षि कपिल और गौके भीतर आविष्ट हुए स्यूमरश्मिके संवादरूप एक प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, उसे सुनो ॥ ५ ॥

आम्नायमनुपश्यन् हि पुराणं शाश्वतं ध्रुवम् ।
नहुषः पूर्वमालेभे त्वष्टुर्गामिति नः श्रुतम् ॥ ६ ॥

हमने सुना है कि पूर्वकालमें राजा नहुषने वेदके अनुशासनको प्राचीन, सनातन एवं नित्य समझकर अपने घरपर आये हुए अतिथि त्वष्टाके लिये एक गायका आलम्भ करनेका विचार किया ॥ ६ ॥

तां नियुक्तामदीनात्मा सत्त्वस्थः संयमे रतः ।
ज्ञानवान् नियताहारो ददर्श कपिलस्तथा ॥ ७ ॥

उस समय सत्त्वगुणमें स्थित, संयमपरायण, मिताहारी, उदारचित्त और ज्ञानवान् कपिलमुनिने त्वष्टाके लिये नियुक्त हुई उस गायको देखा ॥ ७ ॥

स बुद्धिमुत्तमां प्राप्तो नैष्ठिकीमकुतोभयाम् ।
सतीमशिथिलां सत्यां वेदा इत्यब्रवीत् सकृत् ॥ ८ ॥

उन उत्तम, निर्भय, सुस्थिर, सत्य, सद्भावयुक्त एवं उत्साहयुक्त बुद्धिको प्राप्त हुए महर्षि कपिलने केवल एक बार इतना ही कहा—हा वेद ! (जो तुम्हारे नामपर लोग ऐसा अनाचार करते हैं) ॥ ८ ॥

तां गामृषिः स्यूमरश्मिः प्रविश्य यतिमब्रवीत् ।
हंहो वेदा यदि मता धर्माः केनापरे मताः ॥ ९ ॥

उसी समय स्यूमरश्मि नामक एक ऋषिने उस गायके भीतर प्रवेश करके कपिलमुनिसे कहा—'अहो ! यदि वेदोंकी प्रामाणिकतापर आपको संदेह है तो अन्य धर्मशास्त्रोंको किस आधारपर प्रमाणभूत माना जा सकता है ? ॥ ९ ॥

तपस्विनो धृतिमन्तः श्रुतिविज्ञानचक्षुषः ।
सर्वमार्षं हि मन्यन्ते व्याहृतं विदितात्मनः ॥ १० ॥

'तपस्वी, धैर्यवान्, वेद एवं विज्ञानरूप दृष्टिवाले ऋषि-मुनि वेदको नित्यज्ञानसम्पन्न परमेश्वरकी निःश्वासभूत वाणी मानते हैं ॥ १० ॥

तस्यैवं गततृष्णस्य विज्वरस्य निराशिषः ।
का विवक्षास्ति वेदेषु निरारम्भस्य सर्वतः ॥ ११ ॥

'जो तृष्णारहित, उद्वेगशून्य, निष्काम तथा सब प्रकारके आरम्भोंसे रहित है, उस परमेश्वरके निःश्वाससे निःसृत वेदोंके विषयमें आप विपरीत वचन क्यों कह रहे हैं ?' ॥ ११ ॥

कपिल उवाच

नाहं वेदान् विनिन्दामि न विवक्ष्यामि कर्हिचित् ।
पृथगाश्रमिणां कर्माण्येकार्थानीति नः श्रुतम् ॥ १२ ॥

कपिलने कहा—मैं न तो वेदोंकी निन्दा करता हूँ और न कभी उन्हें विपरीत बात बतानेवाला बताता हूँ । पृथक्-पृथक् आश्रमवालोंके जो कर्म हैं, उन सबके उद्देश्य एक ही हैं—ऐसा हमने सुन रखा है ॥ १२ ॥

गच्छत्येव परित्यागी वानप्रस्थश्च गच्छति ।
गृहस्थो ब्रह्मचारी च उभौ तावपि गच्छतः ॥ १३ ॥

संन्यासी परमपदको प्राप्त कर लेता है, वानप्रस्थ भी वहीं जा पहुँचता है। गृहस्थ और ब्रह्मचारी—ये दोनों भी उसी पदको प्राप्त हो सकते हैं ॥ १३ ॥

देवयाना हि पन्थानश्चत्वारः शाश्वता मताः ।
एषां ज्यायः कनीयस्त्वं फलेषूक्तं बलाबलम् ॥ १४ ॥

चारों आश्रम ही देवयाननामक चार सनातन मार्ग माने गये हैं । इनमें कौन बड़ा है कौन छोटा; अतः कौन सबल है, कौन दुर्बल—यह उनके फलोंको निमित्त बनाकर बताया गया है ॥ १४ ॥

एवं विदित्वा सर्वार्थानारभेतेति वैदिकम् ।
नारभेतेति चान्यत्र नैष्ठिकी श्रूयते श्रुतिः ॥ १५ ॥

ऐसा जानकर समस्त कार्योंका आरम्भ करे, यह वैदिक [illegible] है। अन्यत्र यह सिद्धान्तभूत श्रुति भी सुनी जाती है कि कर्मोंका आरम्भ ही न करे ॥ १५ ॥

अनालम्भे ह्यदोषः स्यादालम्भे दोष उत्तमः ।
एवं स्थितस्य [illegible] दुर्विज्ञेयं बलाबलम् ॥ १६ ॥

क्योंकि यज्ञ आदि कार्योंमें आलम्भन न करनेपर दोषकी प्राप्ति नहीं होती है और आलम्भन करनेपर महान् दोष [illegible] होता है। ऐसी स्थितिमें वेदवचनोंके बलाबलको जानना अत्यन्त कठिन है ॥ १६ ॥

[illegible] किञ्चित् प्रत्यक्षमहिंसायाः परं मतम् ।
ऋते त्वागमशास्त्रेभ्यो ब्रूहि तद् यदि पश्यसि ॥ १७ ॥

वेदों और तदनुकूल आगमोंको छोड़कर अन्यत्र अहिंसासे भिन्न हिंसाबोधक शास्त्रका कोई फल यदि युक्तिसे भी [illegible] दिखायी देनेवाला प्रतीत होता हो अथवा तुम अनुभवमें उसका साक्षात्कार कर रहे हो तो उसे स्पष्ट बताओ ॥१७॥

स्यूमरश्मिरुवाच

स्वर्गकामो यजेतेति सततं श्रूयते श्रुतिः ।
फलं प्रकल्प्य पूर्वं हि ततो यज्ञः प्रतायते ॥ १८ ॥

स्यूमरश्मिने कहा—'स्वर्गकी इच्छा रखनेवाला पुरुष यज्ञ करे' यह श्रुति सदा ही सुनी जाती है। अतः मनुष्य पहले स्वर्गरूप फलकी कल्पना (संकल्प) करके फिर यज्ञका अनुष्ठान आरम्भ करता है ॥ १८ ॥

अजश्चाश्वश्च मेषश्च गौश्च पक्षिगणाश्च ये ।
ग्राम्यारण्याश्चौषधयः प्राणस्यान्नमिति श्रुतिः ॥ १९ ॥

बकरा, घोड़ा, भेड़, गाय, पक्षी, ग्राम्य अन्न तथा जंगली अन्न आदि सारी वस्तुएँ प्राणके लिये अन्न हैं—ऐसा श्रुतिका कथन है ॥ १९ ॥

तथैवान्नं ह्यहरहः सायंप्रातर्निरूप्यते ।
पशवश्चाथ धान्यं [illegible] यज्ञस्याङ्गमिति श्रुतिः ॥ २० ॥

प्रतिदिन सबेरे-शाम अन्नको प्राणका भोज्य बताया [illegible] है। पशु और धान्य—ये यज्ञके अङ्ग हैं, ऐसा श्रुति कहती है॥

एतानि [illegible] यज्ञेन प्रजापतिरकल्पयत् ।
तेन प्रजापतिर्देवान् यज्ञेनायजत प्रभुः ॥ २१ ॥

भगवान् प्रजापतिने यज्ञके साथ-साथ इन सबकी सृष्टि की। फिर उन प्रजापतिने ही इन यज्ञसामग्रियोंद्वारा देवताओंसे यज्ञका अनुष्ठान कराया ॥ २१ ॥

तदन्योन्यवराः सर्वे प्राणिनः सप्त सप्तधा ।
यज्ञेषूपाकृतं विश्वं प्राहुरुत्तमसंज्ञितम् ॥ २२ ॥

सात-सात प्रकारके जो ग्राम्य और आरण्य (जंगली) प्राणी हैं, वे सब एक-दूसरेकी अपेक्षा श्रेष्ठ हैं। इन सबमें 'उत्तम' नामसे प्रसिद्ध जो सब-के-सब पुरुष या मनुष्यसंज्ञक प्राणी हैं, उन्हें भी यज्ञके लिये नियुक्त बताया गया है ॥

एतच्चैवाभ्यनुज्ञातं पूर्वैः पूर्वतरैस्तथा ।
को जातु न विचिन्वीत विद्वान् स्वां शक्तिमात्मनः ॥ २३ ॥

पूर्ववर्ती तथा अधिक पूर्ववर्ती पुरुषोंने इन समस्त द्रव्योंको यज्ञका अङ्ग माना है, अतः कौन विद्वान् मनुष्य अपनी शक्तिके अनुसार कभी किसी यज्ञको अपने लिये नहीं चुनेगा ॥ २३ ॥

[illegible] मनुष्याश्च द्रुमाश्चौषधिभिः सह ।
स्वर्गमेवाभिकाङ्क्षन्ते न च स्वर्गस्ततो मखात् ॥ २४ ॥

पशु, मनुष्य, वृक्ष और ओषधियाँ—ये सब-के-सब स्वर्ग चाहते हैं, परंतु यज्ञको छोड़कर और किसी साधनसे यह त्रिकाल स्वर्गलोक सुलभ नहीं हो सकता है ॥ २४ ॥

ओषध्यः पशवो [illegible] वीरुदाज्यं पयो दधि ।
हविर्भूमिर्दिशः श्रद्धा कालश्चैतानि द्वादश ॥ २५ ॥

ओषधि (अन्न आदि), पशु, वृक्ष, लता, घी, दूध, दही, अन्यान्य हविष्य, भूमि, दिशा, श्रद्धा और काल—ये बारह यज्ञके अङ्ग हैं ॥ २५ ॥

ऋचो यजूंषि सामानि यजमानश्च षोडश ।
अग्निर्ज्ञेयो गृहपतिः [illegible] सप्तदश उच्यते ॥ २६ ॥

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और यजमान—ये चार मिलकर सोलह यज्ञाङ्ग होते हैं तथा गार्हपत्य अग्निको सत्रहवाँ यज्ञाङ्ग समझना चाहिये। इस प्रकार ये सत्रह अङ्ग बताये जाते हैं ॥ २६ ॥

अङ्गान्येतानि यज्ञस्य यज्ञो मूलमिति श्रुतिः ।
आज्येन पयसा दध्ना शकृताऽऽमिक्षया त्वचा ॥ २७ ॥
वालैः शृङ्गेण पादेन सम्भवत्येव गौर्मखम् ।
एवं प्रत्येकशः सर्वं यद् यदस्य विधीयते ॥ २८ ॥

ये [illegible] यज्ञके अङ्ग हैं और यज्ञ इस जगत्की स्थितिका मूल कारण है; ऐसा श्रुतिका कथन है। घी, दूध, दही, छाछ, गोबर, चमड़ा, बाल, सींग और पैर—इन सबके द्वारा गौ यज्ञकर्मका सम्पादन करती है। इस प्रकार इनमेंसे प्रत्येक वस्तु-का, जो-जो विहित है, संग्रह करना चाहिये ॥ २७-२८ ॥

यज्ञं वहन्ति सम्भूय सहर्त्विग्भिः सदक्षिणैः ।
संहत्यैतानि सर्वाणि यज्ञं निर्वर्तयन्त्युत ॥ २९ ॥

ऋत्विक् और दक्षिणाओंके साथ ये सब मिलकर यज्ञका निर्वाह करते हैं। यजमान इन सारी वस्तुओंका संग्रह करके यज्ञका अनुष्ठान करते हैं ॥ २९ ॥

यज्ञार्थानि हि सृष्टानि यथार्था श्रूयते श्रुतिः ।
एवं पूर्वतराः सर्वे प्रवृत्ताश्चैव मानवाः ॥ ३० ॥

ये सारी वस्तुएँ यज्ञके लिये रची गयी हैं, यह श्रुतिका कथन यथार्थ ही है। पहलेके सभी मनुष्य इसी प्रकार यज्ञा-नुष्ठानमें प्रवृत्त होते आये हैं ॥ ३० ॥

न हिनस्ति नारभते नाभिद्रुह्यति किंचन ।
यज्ञो यष्टव्य इत्येव यो यजत्यफलेप्सया ॥ ३१ ॥

[illegible] अनुष्ठान अपना कर्तव्य है—ऐसा समझकर जो फलकी इच्छा न रखते हुए [illegible] करता है, वह न तो हिंसा करता है, न किसीसे द्रोह करता है और न अहंकारपूर्वक किसी कर्मका आरम्भ ही करता है ॥ ३१ ॥

यज्ञाङ्गान्यपि चैतानि यज्ञोक्तान्यनुपूर्वशः ।
विधिना विधियुक्तानि धारयन्ति परस्परम् ॥ ३२ ॥

यज्ञशास्त्रमें क्रमशः वर्णित ये सम्पूर्ण यज्ञाङ्ग विधिपूर्वक यज्ञमें प्रयुक्त हो एक दूसरेको धारण करते हैं ॥ ३२ ॥

आम्नायमार्षं पश्यामि यस्मिन् वेदाः प्रतिष्ठिताः ।
तं विद्वांसोऽनुपश्यन्ति ब्राह्मणस्यानुदर्शनात् ॥ ३३ ॥

[illegible] ऋषियोंद्वारा कथित आम्नाय (धर्मशास्त्र) को देखता हूँ, जिसमें सारे वेद प्रतिष्ठित हैं। कर्ममें प्रवृत्ति करानेवाले ब्राह्मणग्रन्थके वाक्योंका उसमें दर्शन होनेसे विद्वान् पुरुष [illegible] आर्षग्रन्थको प्रमाणभूत मानते हैं ॥ ३३ ॥

ब्राह्मणप्रभवो यज्ञो ब्राह्मणार्पण एव च ।
अनुयज्ञं जगत् सर्वं यज्ञश्चानुजगत् सदा ॥ ३४ ॥

वेदोंके ब्राह्मणभागसे यज्ञका प्राकट्य हुआ है। वह [illegible] ब्राह्मणोंको ही अर्पित किया [illegible] है। यज्ञके पीछे सारा जगत् और जगत्के पीछे सदा [illegible] रहता है ॥ ३४ ॥

ओमिति ब्रह्मणो योनिर्नमः [illegible] स्वधा वषट् ।
यस्यैतानि प्रयुज्यन्ते यथाशक्ति कृतान्यपि ॥ ३५ ॥

'ॐ' यह वेदका मूल कारण है। वह ॐ तथा नमः, स्वाहा, स्वधा और वषट्—ये पद यथाशक्ति जिसके यज्ञमें प्रयुक्त होते हैं, उसीका यज्ञ साङ्गोपाङ्ग सम्पन्न होता है ॥

न तस्य त्रिषु लोकेषु परलोकभयं विदुः ।
इति वेदा वदन्तीह सिद्धाश्च परमर्षयः ॥ ३६ ॥

ऐसे मनुष्यको तीनों लोकोंमें किसी भी प्राणीसे भय नहीं होता है। यह [illegible] यहाँ सम्पूर्ण वेद तथा सिद्ध महर्षि भी कहते हैं ॥ ३६ ॥

ऋचो यजूंषि सामानि स्तोभाश्च विधिचोदिताः ।
यस्मिन्नेतानि सर्वाणि भवन्तीह स वै द्विजः ॥ ३७ ॥

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और विधिविहित स्तोभ[1]—ये सब जिसमें विद्यमान होते हैं, वही इस जगत्में द्विज कहलानेका अधिकारी है ॥ ३७ ॥

अग्न्याधेये यद् भवति [illegible] सोमे सुते द्विज ।
यच्चेतरैर्महायज्ञैर्वेद तद् भगवान् पुनः ॥ ३८ ॥

ब्रह्मन्! अग्न्याधान, (अग्निहोत्र) तथा सोमयाग करनेसे जो फल मिलता है और अन्यान्य महायज्ञोंके अनुष्ठानसे जिस फलकी प्राप्ति होती है, उसे आप जानते हैं ॥ ३८ ॥

तस्माद् ब्रह्मन् यजेच्चैव याजयेच्चाविचारयन् ।
[illegible] स्वर्गविधिना प्रेत्य स्वर्गफलं महत् ॥ ३९ ॥

अतः विप्रवर! प्रत्येक द्विजको चाहिये कि वह बिना किसी विचारके यज्ञ करे और करावे। जो स्वर्गदायक विधिसे [illegible] करता है, उसे देहत्यागके पश्चात् महान् स्वर्गफलकी प्राप्ति होती है ॥ ३९ ॥

नायं लोकोऽस्त्ययज्ञानां परश्चेति विनिश्चयः ।
वेदवादविदश्चैव प्रमाणमुभयं तदा ॥ ४० ॥

यह निश्चय है कि जो यज्ञ नहीं करते हैं, ऐसे पुरुषोंके लिये न तो यह लोक सुखदायक होता है और न स्वर्ग ही। जो वेदोक्त विषयोंके जानकार हैं, वे प्रवृत्ति और निवृत्ति—दोनोंको ही प्रमाणभूत मानते हैं ॥ ४० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि गोकपिलीये अष्टषष्ट्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें गोकपिलीयोपाख्यानविषयक दो सौ अड़सठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६८ ॥

एकोनसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

प्रवृत्ति एवं निवृत्तिमार्गके विषयमें स्यूमरश्मि-कपिल-संवाद

कपिल उवाच

एतावदनुपश्यन्ति यतयो यान्ति मार्गगाः ।
नैषां सर्वेषु लोकेषु कश्चिदस्ति व्यतिक्रमः ॥ १ ॥

कपिलने कहा—यम नियमोंका पालन करनेवाले संन्यासी ज्ञानमार्गका आश्रय लेकर परब्रह्म परमात्माको प्राप्त होते हैं। वे इस दृश्य प्रपञ्चको नश्वर समझते हैं। सम्पूर्ण लोकोंमें उनकी गतिका कहीं कोई अवरोध नहीं होता ॥

निर्द्वन्द्वा निर्नमस्कारा निराशीर्बन्धना बुधाः ।
विमुक्ताः सर्वपापेभ्यश्चरन्ति शुचयोऽमलाः ॥ २ ॥

उन्हें सर्दी-गर्मी आदि द्वन्द्व विचलित नहीं करते। वे न तो किसीको प्रणाम करते हैं और न आशीर्वाद ही देते हैं। इतना ही नहीं, वे विद्वान् पुरुष कामनाओंके बन्धनमें भी नहीं बँधते हैं। सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त, पवित्र और निर्मल होकर सर्वत्र विचरते रहते हैं ॥ २ ॥

अपवर्गेऽथ संत्यागे बुद्धौ च कृतनिश्चयाः ।
ब्रह्मिष्ठा ब्रह्मभूताश्च ब्रह्मण्येव कृतालयाः ॥ ३ ॥

वे मोक्षकी प्राप्ति और सर्वस्वके त्यागके लिये अपनी बुद्धिमें दृढ निश्चय रखते हैं। ब्रह्मके ध्यानमें तत्पर एवं

१. सामगानके जो 'हाऽऽयि, हाऽऽवु' इत्यादि पूरक अक्षर हैं, उन्हें 'स्तोभ' कहते हैं।

ब्रह्मस्वरूप होकर ब्रह्ममें ही निवास करते हैं ॥ ३ ॥

विशोका नष्टरजसस्तेषां लोकाः सनातनाः।
तेषां गतिं परां प्राप्य गार्हस्थ्ये किं प्रयोजनम् ॥ ४ ॥

उन्हें वे सनातन लोक प्राप्त होते हैं, जहाँ शोक और दुःखका सर्वथा अभाव है तथा जहाँ रजोगुण (काम-क्रोध आदि) का दर्शन नहीं होता। उस परम गतिको पाकर उन्हें गार्हस्थ्य-आश्रममें रहने और वहाँके धर्मोंके पालन करनेकी क्या आवश्यकता रह जाती है ? ॥ ४ ॥

स्यूमरश्मिरुवाच

यद्येषा परमा काष्ठा यद्येषा परमा गतिः।
गृहस्थाननपाश्रित्य नाश्रमोऽन्यः प्रवर्तते ॥ ५ ॥

स्यूमरश्मिने कहा—ज्ञान प्राप्त करके परब्रह्ममें स्थित हो जाना ही यदि पुरुषार्थकी चरम सीमा है, यदि वही उत्तम गति है, तब तो गृहस्थ-धर्मका महत्त्व और भी बढ़ जाता है; क्योंकि गृहस्थोंका सहारा लिये बिना कोई भी आश्रम न तो चल सकता है और न तो ज्ञानकी निष्ठा ही प्रदान कर सकता है ॥ ५ ॥

यथा मातरमाश्रित्य सर्वे जीवन्ति जन्तवः।
एवं गार्हस्थ्यमाश्रित्य वर्तन्त इतराश्रमाः ॥ ६ ॥

जैसे समस्त प्राणी माताकी गोदका सहारा पाकर ही जीवन धारण करते हैं, उसी प्रकार गृहस्थ आश्रमका आश्रय लेकर ही दूसरे आश्रम टिके हुए हैं ॥ ६ ॥

गृहस्थ एव यजते गृहस्थस्तप्यते तपः।
गार्हस्थ्यमस्य धर्मस्य मूलं यत्किंचिदेजते ॥ ७ ॥

गृहस्थ ही यज्ञ करता है, गृहस्थ ही तप करता है। मनुष्य जो कुछ भी चेष्टा करता है—जिस किसी भी शुभ कर्मका आचरण करता है, उस धर्मका मूल कारण गार्हस्थ्य-आश्रम ही है ॥ ७ ॥

प्रजनाद्यभिनिर्वृत्ताः सर्वे प्राणभृतो जनाः।
प्रजनं चाप्युतान्यत्र न कथंचन विद्यते ॥ ८ ॥

सभी प्राणधारी जीव संतानके उत्पादन आदिसे सुखका अनुभव करते हैं, परंतु संतान गार्हस्थ्य-आश्रमके सिवा अन्यत्र किसी तरह सुलभ नहीं है ॥ ८ ॥

यास्तु स्युर्बहिरोषध्यो बहिरन्यास्तथाद्रिजाः।
ओषधिभ्यो बहिर्यस्मात् प्राणात् कश्चिन्न दृश्यते ॥ ९ ॥

कुश-काश आदि तृण, धान-जौ आदि ओषधि, नगरके बाहर उत्पन्न होनेवाली दूसरी ओषधियाँ तथा पर्वतपर होनेवाली जो ओषधियाँ हैं, उन सबका मूल भी गार्हस्थ्य-आश्रम ही है (क्योंकि वहींके यज्ञसे पर्जन्य (मेघ) की उत्पत्ति होती है, जिससे वर्षा आदिके द्वारा तृण-लता, ओषधियाँ उत्पन्न होती हैं)। प्राणस्वरूप जो ओषधियाँ हैं, उससे बाहर कोई दिखायी नहीं देता ॥ ९ ॥

कस्यैषा वाग् भवेत् सत्या मोक्षो नास्ति गृहादिति।
अश्रद्दधानैरप्राज्ञैः सूक्ष्मदर्शनवर्जितैः ॥ १० ॥

निराशैरलसैः श्रान्तैस्तप्यमानैः स्वकर्मभिः।
शमस्योपरमो दृष्टः प्रव्रज्यायामपण्डितैः ॥ ११ ॥

गृहस्थाश्रमके धर्मोंका पालन करनेसे मोक्ष नहीं होता है, ऐसी किसकी वाणी सत्य होगी। जो श्रद्धारहित, मूढ और सूक्ष्मदृष्टिसे वञ्चित है, अस्थिर, आलसी, श्रान्त और अपने पूर्वकृत कर्मोंसे संतप्त हैं, वे अज्ञानी पुरुष ही संन्यास-मार्गका आश्रय ले गृहस्थाश्रममें शान्तिका अभाव देखते हैं ॥ १०-११ ॥

त्रैलोक्यस्यैव हेतुर्हि मर्यादा शाश्वती ध्रुवा।
ब्राह्मणो नाम भगवान् जन्मप्रभृति पूज्यते ॥ १२ ॥

वैदिक धर्मकी सनातन मर्यादा तीनों लोकोंका हित करनेवाली एवं ध्रुव है। ब्राह्मण पूजनीय है और जन्मकालसे ही उसका सबके द्वारा समादर होता है ॥ १२ ॥

प्राग्गर्भाधानान्मन्त्रा हि प्रवर्तन्ते द्विजातिषु।
अविश्रम्भेषु वर्तन्ते विश्रम्भेष्वप्यसंशयम् ॥ १३ ॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य—तीनों वर्णोंमें गर्भाधानसे पहले वेदमन्त्रोंका उच्चारण किया जाता है। फिर लौकिक और पारलौकिक सभी कार्योंमें निस्संदेह उन वेदमन्त्रोंकी प्रवृत्ति होती है ॥ १३ ॥

दाहे पुनः संश्रयणे संश्रिते पात्रभोजने।
दाने गवां पशूनां वा पिण्डानामप्सु मज्जने ॥ १४ ॥

मृतकके दाह-संस्कारमें, पुनः देह धारण करनेमें, देह धारण कर लेनेपर, मृत व्यक्तिकी तृप्तिके लिये प्रतिदिन तर्पण और श्राद्ध करनेमें, वैतरणीके निमित्त गौओं अथवा अन्य पशुओंका दान करनेमें तथा श्राद्धकर्ममें दिये हुए पिण्डोंका जलके भीतर विसर्जन करनेमें भी वैदिक मन्त्रोंका उपयोग होता है—इन सब कार्योंके मूल वेद-मन्त्र हैं ॥ १४ ॥

अर्चिष्मन्तो बर्हिषदः क्रव्यादाः पितरस्तथा।
मृतस्याप्यनुमन्यन्ते मन्त्रान् मन्त्राश्च कारणम् ॥ १५ ॥

अर्चिष्मत्, बर्हिषद् तथा क्रव्यवाह नामक पितर भी मृत व्यक्तिके (सुख-शान्ति एवं प्रसन्नता) के लिये मन्त्रपाठकी अनुमति देते हैं। मन्त्र ही सब धर्मोंके कारण हैं ॥

एवं क्रोशत्सु वेदेषु कुतो मोक्षोऽस्ति कस्यचित्।
ऋणवन्तो यदा मर्त्याः पितृदेवद्विजातिषु ॥ १६ ॥

वे ही वेद-मन्त्र जब पुकार-पुकारकर कहते हैं कि मनुष्य देवताओं, पितरों और ऋषियोंके जन्मसे ही ऋणी होते हैं, तब गृहस्थाश्रममें रहकर उन ऋणोंको चुकाये बिना किसीको भी मोक्ष कैसे हो सकता है ? ॥ १६ ॥

श्रिया विहीनैरलसैः पण्डितैः सम्प्रवर्तितम्।
वेदवादापरिज्ञानं सत्याभासमिवानृतम् ॥ १७ ॥

श्रीहीन और आलसी पण्डितोंने कर्मके त्यागसे मोक्ष मिलता है—ऐसा मत चलाया है। यह सुननेमें सत्य-सा आभासित होता है, परंतु है मिथ्या। इस मार्गमें चलनेवालेको वेद के सिद्धान्तोंका तनिक भी ज्ञान नहीं है ॥ १७ ॥

न वै पापैर्ह्रियते कृष्यते वा
यो ब्राह्मणो यजते वेदशास्त्रैः।
ऊर्ध्वं यज्ञैः पशुभिः सार्धमेति
संतर्पितस्तर्पयते च कामैः ॥ १८ ॥

जो ब्राह्मण वेद-शास्त्रोंके अनुसार यज्ञ अनुष्ठान करता है, उसपर पापोंका आक्रमण नहीं हो सकता और न पाप उसे अपनी ओर खींच ही सकते हैं। वह अपने किये हुए यज्ञों और उनमें उपयोगी पशुओंके साथ ऊपरके पुण्यलोकोंमें जाता है और स्वयं सब प्रकारके भोगोंसे तृप्त होकर दूसरोंको भी तृप्त करता है ॥ १८ ॥

न वेदानां परिभवान्न शाठ्येन न मायया।
महत् प्राप्नोति पुरुषो ब्रह्मणि ब्रह्म विन्दति ॥ १९ ॥

वेदोंका अनादर करनेसे, शठतासे तथा छल-कपटसे कोई भी मनुष्य परब्रह्म परमात्माको नहीं पाता है। वेदों तथा उनमें बताये हुए कर्मोंका आश्रय लेनेपर ही उसे परब्रह्म-की प्राप्ति होती है ॥ १९ ॥

कपिल उवाच

दर्शं च पौर्णमासं च अग्निहोत्रं च धीमतः।
चातुर्मास्यानि चैवासंस्तेषु धर्मः सनातनः ॥ २० ॥

कपिलजीने कहा—बुद्धिमान् पुरुषके लिये दर्श, पौर्णमास, अग्निहोत्र तथा चातुर्मास्य आदिके अनुष्ठानका विधान है; क्योंकि उनमें सनातनधर्मकी स्थिति है ॥ २० ॥

अनारम्भाः सुधृतयः शुचयो ब्रह्मसंज्ञिताः।
ब्रह्मणैव स्म ते देवांस्तर्पयन्त्यमृतैषिणः ॥ २१ ॥

परंतु जो संन्यास धर्म स्वीकार करके कर्मानुष्ठानसे निवृत्त हो गये हैं तथा धीर, पवित्र एवं ब्रह्मस्वरूपमें स्थित हैं, वे अविनाशी ब्रह्मको चाहनेवाले महात्मा पुरुष ब्रह्मज्ञानसे ही देवताओंको तृप्त करते हैं ॥ २१ ॥

सर्वभूतात्मभूतस्य सर्वभूतानि पश्यतः।
देवाऽपि मार्गे मुह्यन्ति अपदस्य पदैषिणः ॥ २२ ॥

जो सम्पूर्ण भूतोंके आत्मारूपसे स्थित हैं और सम्पूर्ण प्राणियोंको आत्मभावसे ही देखते हैं, जिनका कोई विशेष पद नहीं है, उन ज्ञानी पुरुषका पदचिह्न ढूँढनेवाले—उनकी गतिका पता लगानेवाले देवता भी मार्गमें मोहित हो जाते हैं ॥ २२ ॥

चतुर्द्वारं पुरुषं चतुर्मुखं
चतुर्धा चैनमुपयाति वाचा।
बाहुभ्यां वाच उदरादुपस्थात्
तेषां द्वारं द्वारपालो बुभूषेत् ॥ २३ ॥

मनुष्योंके हाथ-पैर, वाणी, उदर और उपस्थ—ये चार द्वार हैं। इनका द्वारपाल होनेकी इच्छा करे अर्थात् इनपर संयम रखे। वह शास्त्रवाक्योंके अनुसार इन चारों द्वारोंके संयमसे प्राप्य ऋक्, यजुः, साम, अथर्वरूप—चार मुखोंसे युक्त परमपुरुषको भक्तियोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं अष्टाङ्गयोग—इन चार उपायोंसे प्राप्त होता है ॥ २३ ॥

नाक्षैर्दीव्येन्नाददीतान्यवित्तं
न चायोनीयस्य शृतं प्रगृह्णीयात्।
क्रुद्धो न चैव प्रहरेत धीमां-
स्तथास्य तत्पाणिपादं सुगुप्तम् ॥ २४ ॥

बुद्धिमान् पुरुष जूआ न खेले, दूसरोंका धन न ले, नीच पुरुषका बनाया हुआ अन्न न ग्रहण करे और क्रोधमें आकर किसीको मार न बैठे—ऐसा करनेसे उसके हाथ-पैर सुरक्षित रहते हैं ॥ २४ ॥

नाक्रोशमृच्छेन्न मृषा वदेच्च
न पैशुनं जनवादं च कुर्यात्।
सत्यव्रतो मितभाषोऽप्रमत्त-
स्तथास्य वाग्द्वारमथो सुगुप्तम् ॥ २५ ॥

किसीको गाली न दे, व्यर्थ न बोले, दूसरोंकी चुगली या निन्दा न करे, मितभाषी हो, सत्य वचन बोले तथा इसके लिये सदा सावधान रहे—ऐसा करनेसे वाक् इन्द्रिय-रूप द्वारकी रक्षा होती है ॥ २५ ॥

नानाशनः स्यान्न महाशनः स्या-
दलोलुपः साधुभिरागतः स्यात्।
यात्रार्थमाहारमिहाददीत
तथास्य स्याज्जाठरी द्वारगुप्तिः ॥ २६ ॥

उपवास न करे, किंतु बहुत अधिक भी न खाय, सदा भोजनके लिये लालायित न रहे। सज्जनोंका सङ्ग करे और जीवननिर्वाहके लिये जितना आवश्यक हो, उतना ही अन्न पेटमें डाले—इससे उदरद्वारका संरक्षण होता है ॥ २६ ॥

न वीर पत्नीं विहरेत नारीं
न चापि नारीमनृतावाह्वयीत।
भार्याव्रतं ह्यात्मनि धारयीत
तथास्योपस्थद्वारगुप्तिर्भवेत ॥ २७ ॥

वीर युधिष्ठिर! अपनी धर्मपत्नीके साथ ही विहार करे, परायी स्त्रीके साथ नहीं, अपनी स्त्रीको भी जबतक वह ऋतु-स्नाता न हुई हो, समागमके लिये अपने पास न बुलाये और मनमें एकपत्नीव्रत धारण करे। ऐसा करनेसे उसके उपस्थ-द्वारकी रक्षा हो सकती है ॥ २७ ॥

द्वाराणि यस्य सर्वाणि सुगुप्तानि मनीषिणः।
उपस्थमुदरं बाहू वाक् चतुर्थी स वै द्विजः ॥ २८ ॥

जिस मनीषी पुरुषके उपस्थ, उदर, हाथ-पैर और वाणी—ये सभी द्वार पूर्णतः रक्षित हैं, वही वास्तवमें ब्राह्मण है ॥

मोघान्यगुप्तद्वारस्य सर्वाण्येव भवन्त्युत।
किं तस्य तपसा कार्यं किं यज्ञेन किमात्मना ॥ २९ ॥

जिसके ये द्वार सुरक्षित नहीं हैं, उसके सारे शुभ-कर्म निष्फल होते हैं, ऐसे मनुष्यको तपस्या, यज्ञ तथा आत्मचिन्तन-से क्या लाभ हो सकता है ? ॥ २९ ॥

अनुत्तरीयवसनमनुपस्तीर्णशायिनम् ।
बाहूपधानं शाम्यन्तं तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ ३० ॥

जिसके पास वस्त्रके नामपर एक लंगोटी मात्र है, ओढनेके लिये एक चादरतक नहीं है, जो बिना बिछौनेके ही सोता है, बाँहोंका ही तकिया लगाता है और सदा शान्तभावसे रहता है, उसीको देवता ब्राह्मण मानते हैं ॥ ३० ॥

द्वन्द्वारामेषु सर्वेषु य एको रमते मुनिः ।
परेषामननुध्यायंस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ ३१ ॥

जो मुनि शीत-उष्ण आदि सम्पूर्ण द्वन्द्वरूपी उपवनोंमें अकेला ही आनन्दपूर्वक रहता है और दूसरोंका चिन्तन नहीं करता, उसे देवतालोग ब्राह्मण (ब्रह्मज्ञानी) समझते हैं ॥

येन सर्वमिदं बुद्धं प्रकृतिर्विकृतिश्च या ।
गतिज्ञः सर्वभूतानां तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ ३२ ॥

जिसको इस सम्पूर्ण जगत्की नश्वरताका ज्ञान है, जो प्रकृति और उसके विकारोंसे परिचित है तथा जिसे सम्पूर्ण भूतोंकी गतिका ज्ञान है, उसे देवतालोग ब्रह्मज्ञानी मानते हैं ॥ ३२ ॥

अभयं सर्वभूतेभ्यः सर्वेषामभयं यतः ।
सर्वभूतात्मभूतो यस्तं देवा ब्राह्मणं विदुः ॥ ३३ ॥

जो सम्पूर्ण भूतोंसे निर्भय है, जिससे समस्त प्राणी भय नहीं मानते हैं तथा जो सब भूतोका आत्मा है, उसीको देवता ब्रह्मज्ञानी मानते हैं ॥ ३३ ॥

नान्तरेणानुजानन्ति दानयज्ञक्रियाफलम् ।
अविज्ञाय च तत् सर्वमन्यद् रोचयते फलम् ॥ ३४ ॥

परंतु मूढ़ मानव दान और यज्ञ-कर्मके फलके सिवा योग आदिके फलका अनुमोदन नहीं करते । वे उन मोक्षप्रद [illegible] साधनोंके महत्त्वको न जाननेके कारण स्वर्ग आदि अन्य फलोंमें ही रुचि रखते हैं ॥ ३४ ॥

स्वकर्मभिः संश्रितानां तपो घोरत्वमागतम् ।
तं सदाचारमाश्रित्य पुराणं शाश्वतं ध्रुवम् ॥ ३५ ॥

किंतु उस पुराण, शाश्वत एवं ध्रुव यौगिक सदाचारका आश्रय लेकर अपने कर्तव्य कर्मोंमें परायण रहनेवाले ज्ञानियों-का तप उत्तरोत्तर तीव्रताको प्राप्त होता है ॥ ३५ ॥

अशक्नुवन्तश्चरितुं किंचिद् धर्मेषु सूत्रितम् ।
निरापद्धर्म आचारो ह्यप्रमादोऽपराभवः ॥ ३६ ॥

प्रवृत्तिमार्गी मनुष्य योगशास्त्रके सूत्रोंमें कथित यम-नियमादिका अनुष्ठान नहीं कर सकते । वह यौगिक [illegible] आपत्तिशून्य, प्रमादरहित है । वह कामादिसे पराभवको नहीं प्राप्त होता है ॥ ३६ ॥

फलवन्ति च कर्माणि व्युष्टिमन्ति ध्रुवाणि च ।
विगुणानि च पश्यन्ति तथानैकान्तिकानि च ॥ ३७ ॥

योगशास्त्रमें कथित कर्म श्रेष्ठ फल देनेवाले, उन्नति करनेवाले एवं स्थायी हैं; तो भी प्रवृत्तिमार्गी मनुष्य उनको गुणरहित (निष्फल) और अस्थिर समझते हैं ॥ ३७ ॥

गुणाश्चात्र सुदुर्ज्ञेया ज्ञाताश्चात्र सुदुष्कराः ।
अनुष्ठिताश्चान्तवन्त इति त्वमनुपश्यसि ॥ ३८ ॥

गुणोंके कार्यभूत जो यज्ञ-यागादि हैं, उनके स्वरूप और विधि-विधानको समझना बहुत कठिन है । समझ लेनेपर भी उनका अनुष्ठान करना तो और भी कठिन है । यदि अनुष्ठान भी किया जाय तो भी उनसे नाशवान् फलकी ही प्राप्ति होती है । इन सब बातोंको तुम भी देखते और समझते हो ॥ ३८ ॥

स्यूमरश्मिरुवाच

यथा च वेदप्रामाण्यं त्यागश्च सफलो यथा ।
तौ पन्थानावुभौ व्यक्तौ भगवंस्तद् वदस्व मे ॥ ३९ ॥

स्यूमरश्मिने कहा—भगवन् ! 'कर्म करो' और 'कर्म छोड़ो' ये जो परस्परविरुद्ध दो [illegible] मार्ग हैं, इनका उपदेश करनेवाले वेदकी प्रामाणिकताका निर्वाह कैसे हो ? तथा त्याग कैसे [illegible] होता है ? यह आप मुझसे बताइये ॥ ३९ ॥

कपिल उवाच

प्रत्यक्षमिह पश्यन्ति भवन्तः सत्पथे स्थिताः ।
प्रत्यक्षं तु किमत्रास्ति यद् भवन्त उपासते ॥ ४० ॥

कपिलने कहा—आपलोग सन्मार्गमें स्थित रहकर यहाँ योगमार्गके फलका प्रत्यक्ष दर्शन कर सकते हैं; परंतु कर्ममार्गमें रहकर आपलोग जिस यज्ञकी उपासना करते हैं, उससे यहाँ कौन सा प्रत्यक्ष फल प्राप्त होता है ? ॥ ४० ॥

स्यूमरश्मिरुवाच

स्यूमरश्मिरहं ब्रह्मन् जिज्ञासार्थमिहागतः ।
श्रेयस्कामः प्रत्यवोचमार्जवान्न विवक्षया ॥ ४१ ॥

स्यूमरश्मिने कहा—ब्रह्मन् ! मेरा नाम स्यूमरश्मि है । मैं ज्ञान-प्राप्तिकी इच्छासे यहाँ आया हूँ । मैंने कल्याण की इच्छा रखकर सरल भावसे ही अपनी बातें आपकी सेवामें उपस्थित की हैं, वाद-विवादकी इच्छासे नहीं ॥ ४१ ॥

इमं [illegible] संशयं घोरं भगवान् प्रब्रवीतु मे ।
प्रत्यक्षमिह पश्यन्तो भवन्तः सत्पथे स्थिताः ।
किमत्र प्रत्यक्षतमं भवन्तो यदुपासते ॥ ४२ ॥
अन्यत्र तर्कशास्त्रेभ्य आगमार्थं यथागमम् ।

मेरे मनमें एक भयानक संशय उठ खड़ा हुआ है, इसे आप ही मिटा सकते हैं । आपने कहा था कि तुम सन्मार्गमें स्थित रहकर यहाँ योगमार्गके फलका प्रत्यक्ष दर्शन कर सकते

हो। मैं पूछता हूँ कि आप जिसकी उपासना करते हैं, यहाँ [illegible] अत्यन्त [illegible] फल क्या है ? आप उसका तर्कका सहारा न लेकर प्रतिपादन कीजिये, जिससे मैं आगमके अर्थको जान सकूँ ॥ ४२½ ॥

आगमो वेदवादास्तु तर्कशास्त्राणि चागमः ॥ ४३ ॥

वेदमतका अनुसरण करनेवाले [illegible] तो आगम हैं ही, तर्कशास्त्र (वेदोंके अर्थका निर्णय करनेवाले पूर्वोत्तर मीमांसा आदि) भी आगम हैं ॥ ४३ ॥

यथाश्रममुपासीत आगमस्तत्र सिध्यति ।
सिद्धिः प्रत्यक्षरूपा च दृश्यत्यागमनिश्चयात् ॥ ४४ ॥

जिस-जिस आश्रममें जो-जो धर्म विहित है, वहाँ वहाँ उसी-उसी धर्मकी उपासना करनी चाहिये। उस-उस स्थानपर उसी-उसी धर्मका आचरण करनेसे वहाँ आगम [illegible] होता है। एवं शास्त्रके निश्चयसे ही सिद्धिका प्रत्यक्ष दर्शन होता है ॥ ४४ ॥

नौर्नावीव निबद्धा हि स्रोतसा सनिबन्धना ।
ह्रियमाणा कथं विप्र कुबुद्धींस्तारयिष्यति ।
एतद् ब्रवीतु भगवानुपपन्नोऽस्म्यधीहि भोः ॥ ४५ ॥

जैसे एक जगह जानेवाली नावमें दूसरी जगह जानेवाली [illegible] बाँध दी जाय तो वह जलके स्रोतसे अपहृत हो किसीको गन्तव्य [illegible] नहीं पहुँचा सकती, उसी प्रकार पूर्वजन्मके कर्मोंकी वासनासे बँधी हुई हमारी कर्ममयी नौका हम कुबुद्धि पुरुषोंको कैसे भवसागरसे पार उतारेगी ! भगवन् ! यह आप मुझे बताइये, मैं आपकी शरणमें आया हूँ, आप मुझे उपदेश दीजिये ॥ ४५ ॥

नैव त्यागी न संतुष्टो नाशोको न निरामयः ।
न निर्विधित्सो नावृत्तो नापवृत्तोऽस्ति कश्चन ॥ ४६ ॥

वास्तवमें इस जगत्के भीतर न कोई त्यागी है न संतुष्ट, न शोकहीन है न नीरोग। न तो कोई पुरुष कर्म करनेकी इच्छासे सर्वथा शून्य है, न आसक्तिसे रहित है और न सर्वथा कर्मका त्यागी ही है ॥ ४६ ॥

भवन्तोऽपि च हृष्यन्ति शोचन्ति च [illegible] वयम् ।
इन्द्रियार्थाश्च भवतां समानाः सर्वजन्तुषु ॥ ४७ ॥

आप भी हमलोगोंकी ही भाँति हर्ष और शोक प्रकट करते हैं। समस्त प्राणियोंके समान आपके समक्ष भी शब्द, स्पर्श आदि विषय उपस्थित और गृहीत होते हैं ॥ ४७ ॥

एवं चतुर्णां वर्णानामाश्रमाणां प्रवृत्तिषु ।
एकमालम्बमानानां निर्णये किं निरामयम् ॥ ४८ ॥

इस प्रकार चारों वर्णों और आश्रमोंके लोग सभी प्रवृत्तियोंमें एकमात्र सुखका ही आश्रय लेते हैं—उसीको अपना लक्ष्य बनाकर चलते हैं, [illegible] सिद्धान्ततः अक्षय सुख क्या है, यह बताइये ॥ ४८ ॥

कपिल उवाच

यद् यदाचरते शास्त्रमर्थ्यं सर्वप्रवृत्तिषु ।
यस्य [illegible] ह्यनुष्ठानं तत्र तत्र निरामयम् ॥ ४९ ॥

कपिलने कहा—जो-जो [illegible] जिस-जिस अर्थका आचरण—प्रतिपादन करता है, वह-वह सभी प्रवृत्तियोंमें [illegible] होता है। जिस साधनका जहाँ अनुष्ठान होता है, वहाँ-वहाँ [illegible] सुखकी प्राप्ति होती है ॥ ४९ ॥

ज्ञानं प्लावयते सर्वं यो ज्ञानं ह्यनुवर्तते ।
ज्ञानादपेत्य या वृत्तिः सा विनाशयति प्रजाः ॥ ५० ॥

जो ज्ञानका अनुसरण [illegible] है, ज्ञान उसके समस्त संसारबन्धनका नाश कर देता है। बिना ज्ञानकी जो प्रवृत्ति होती है, वह प्रजाको जन्म और मरणके चक्करमें डालकर उसका विनाश कर देती है ॥ ५० ॥

भवन्तो ज्ञानिनो व्यक्तं सर्वतश्च निरामयाः ।
ऐकात्म्यं [illegible] कश्चिद्धि कदाचिदुपपद्यते ॥ ५१ ॥

आपलोग ज्ञानी हैं, यह बात सर्वविदित है। आप सब ओरसे नीरोग भी हैं; परंतु क्या आपलोगोंमेंसे कोई भी किसी भी कालमें एकात्मताको प्राप्त हुआ है ? (जब एक-[illegible] अद्वितीय आत्मा अर्थात् ब्रह्मकी ही सत्ताका सर्वत्र बोध होने लगे, [illegible] उसे एकात्मताका ज्ञान कहते हैं) ॥ ५१ ॥

शास्त्रं ह्यबुद्ध्वा तत्त्वेन केचिद् वादबलाज्जनाः ।
कामद्वेषाभिभूतत्वादहङ्कारवशं गताः ॥ ५२ ॥

शास्त्रको यथार्थरूपसे न जानकर कुछ लोग वितण्डावादके ही बलसे राग-द्वेषसे अभिभूत होनेके कारण अहंकारके अधीन हो गये हैं ॥ ५२ ॥

याथातथ्यमविज्ञाय शास्त्राणां शास्त्रदस्यवः ।
ब्रह्मस्तेना निरारम्भा दम्भमोहवशानुगाः ॥ ५३ ॥

वे शास्त्रोंके यथार्थ तात्पर्यको न जाननेके कारण शास्त्रदस्यु (शास्त्रोंके अर्थपर डाका डालनेवाले लुटेरे) कहे जाते हैं। सर्वव्यापी ब्रह्मका भी अपलाप करनेके कारण ब्रह्मचोरकी पदवीसे विभूषित होते हैं। शम-दम आदि साधनोंका कभी अनुष्ठान नहीं करते हैं तथा दम्भ और मोहके वशमें पड़े रहते हैं ॥ ५३ ॥

नैर्गुण्यमेव पश्यन्ति न गुणाननुयुञ्जते ।
तेषां तमःशरीराणां तम [illegible] परायणम् ॥ ५४ ॥

वे शम-दम आदि साधनोंको सदा निष्फल ही देखते और समझते हैं। ज्ञान, ऐश्वर्य आदि सद्गुणोंकी जिज्ञासा नहीं करते हैं। उन तमोमय शरीरवाले पुरुषोंका तमोगुण ही सबसे बड़ा अवलम्ब है ॥ ५४ ॥

यो यथाप्रकृतिर्जन्तुः प्रकृतेः स्याद् वशानुगः ।
[illegible] द्वेषश्च कामश्च क्रोधो दम्भोऽनृतं मदः ।
नित्यमेवाभिवर्तन्ते गुणाः प्रकृतिसम्भवाः ॥ ५५ ॥

जिस प्राणीकी जैसी प्रकृति होती है, उस प्रकृतिके अधीन होता है। उसके भीतर द्वेष, काम, क्रोध, दम्भ, असत्य और मद—ये प्रकृतिजनित गुण सदा ही विद्यमान रहते हैं ॥ ५५ ॥

एवं ध्यात्वानुपश्यन्तः संत्यजेयुः शुभाशुभम्।
परां गतिमभीप्सन्तो यतयः संयमे रताः ॥ ५६ ॥

परम गति प्राप्त करनेकी इच्छावाले संयमशील यति इस प्रकार सोच-विचारकर शुभ और अशुभ दोनोंका परित्याग कर देते हैं ॥ ५६ ॥

स्यूमरश्मिरुवाच

सर्वमेतन्मया ब्रह्मन् शास्त्रतः परिकीर्तितम्।
न ह्यविज्ञाय शास्त्रार्थं प्रवर्तन्ते प्रवृत्तयः ॥ ५७ ॥

स्यूमरश्मिने कहा—ब्रह्मन्! मैंने यहाँ जो कुछ कहा है, वह शास्त्रसे प्रतिपादित है; क्योंकि शास्त्रके अर्थको जाने बिना किसीकी किसी भी कार्यमें प्रवृत्ति नहीं होती ।५७।

यः कश्चिन्न्याय्य आचारः सर्वं शास्त्रमिति श्रुतिः।
यदन्याय्यमशास्त्रं तदित्येषा श्रूयते श्रुतिः ॥ ५८ ॥

जो कोई भी न्यायोचित आचार है, वह सब शास्त्र है, ऐसा श्रुतिका कथन है। जो अन्यायपूर्ण बर्ताव है, वह अशास्त्रीय है, ऐसी श्रुति भी सुनी जाती है ॥ ५८ ॥

न प्रवृत्तिर्ऋते शास्त्रात् काचिदस्तीति निश्चयः।
यदन्यद् वेदवादेभ्यस्तदशास्त्रमिति श्रुतिः ॥ ५९ ॥

शास्त्रके बिना अर्थात् शास्त्रकी आज्ञाका उल्लङ्घन करके कोई प्रवृत्ति सफल नहीं हो सकती, यह विद्वानोंका निश्चय है। जो वैदिक वचनोंके विरुद्ध है, वह सब अशास्त्रीय है, ऐसा श्रुतिका कथन है ॥ ५९ ॥

शास्त्रादपेतं पश्यन्ति बहवो व्यक्तमानिनः।
शास्त्रदोषान् न पश्यन्ति शोचन्ति च यथा वयम्।
इन्द्रियार्थांश्च भवतां समानाः सर्वजन्तुषु ॥ ६० ॥

बहुत-से मनुष्य प्रत्यक्षको ही माननेवाले हैं। वे शास्त्रसे पृथक् इहलोकपर ही दृष्टि रखते हैं। शास्त्रोक्त दोषोंको नहीं देखते हैं और जैसे हमलोग शोक करते हैं, वैसे ही वे भी अवैदिकमतका आश्रय लेकर शोक किया करते हैं। आप-जैसे ज्ञानियोंको भी सब जन्तुओंके समान ही इन्द्रियोंके विषयोंका अनुभव होता है ॥ ६० ॥

एवं चतुर्णां वर्णानामाश्रमाणां प्रवृत्तिषु।
एकमालम्बमानानां निर्णये सर्वतोदिशम् ॥ ६१ ॥
आनन्त्यं वदमानेन शक्तेनावर्जितात्मना।
अविज्ञानहतप्रज्ञा हीनप्रज्ञास्तमोवृताः ॥ ६२ ॥

इस प्रकार चारों वर्णों और आश्रमोंकी जो प्रवृत्तियाँ हैं, उनमें लगे हुए मनुष्य एकमात्र सुखका ही आश्रय लेते हैं—उसे ही प्राप्त करना चाहते हैं। उनमेंसे हम जैसे लोग अज्ञानसे हतबुद्धि, तुच्छ विषयोंमें मन लगानेवाले तथा तमोगुणसे आवृत हैं। आप ऊहापोह करनेमें समर्थ—कुशल हैं, अतः सार्वदेशिक विद्वान्‌के रूपमें मोक्षसुखकी अनन्तता आपने मनसे हमें शान्ति पहुँचायी है ॥ ६१-६२ ॥

शक्यं त्वेकेन युक्तेन कृतकृत्येन सर्वशः।
पिण्डमात्रं व्यपाश्रित्य चरितुं विजितात्मना ॥ ६३ ॥
वेदवादं व्यपाश्रित्य मोक्षोऽस्तीति प्रभाषितुम्।
अपेतन्यायशास्त्रेण सर्वलोकविगर्हिणा ॥ ६४ ॥

जो आपके समान एकाकी, योगयुक्त, कृतकृत्य और मनपर विजय पानेवाला है तथा जो केवल शरीरका अथवा उसकी रक्षाके लिये स्वल्प भिक्षान्नमात्रका सहारा लेकर सम्पूर्ण दिशाओंमें विचरण कर सकता है, जिसने न्यायशास्त्रका परित्याग कर दिया है तथा जो सम्पूर्ण संसारको नाशवान् होनेके कारण गर्हित समझता है, ऐसा पुरुष ही वेद-वाक्योंका आश्रय लेकर 'मोक्ष है' यह साधिकार कह सकता है ।६३-६४।

इदं तु दुष्करं कर्म कुटुम्बमभिसंश्रितम्।
दानमध्ययनं यज्ञः प्रजासंतानमार्जवम् ॥ ६५ ॥

गृहस्थाश्रमके अनुसार जो यह कुटुम्बके भरण-पोषणसे सम्बन्ध रखनेवाला कार्य है तथा दान, स्वाध्याय, यज्ञ, संतानोत्पादन एवं सदा और कोमल भावसे बर्ताव करना रूप जो कर्म है, यह मनुष्यके लिये अत्यन्त दुष्कर है ॥ ६५ ॥

यद्येतदेवं कृत्वापि न विमोक्षोऽस्ति कस्यचित्।
धिक् कर्तारं च कार्यं च श्रमश्चायं निरर्थकः ॥ ६६ ॥

यदि यह सब दुष्कर कर्म करके भी किसीको मोक्ष नहीं प्राप्त हुआ तो कर्ताको धिक्कार है। उसके उस कार्यको धिक्कार है। और इसमें जो परिश्रम हुआ, वह व्यर्थ हो गया ॥६६॥

नास्तिक्यमन्यथा च स्याद् वेदानां पृष्ठतः क्रिया।
एतस्यानन्त्यमिच्छामि भगवञ्छ्रोतुमञ्जसा ॥ ६७ ॥

यदि कर्मकाण्डको व्यर्थ समझकर छोड़ दिया जाय तो यह नास्तिकता और वेदोंकी अवहेलना होगी; अतः भगवन्! मैं यह सुनना चाहता हूँ कि कर्मकाण्ड किस प्रकार सुगमतापूर्वक मोक्षका साधक होगा ॥ ६७ ॥

तत्त्वं वदस्व मे ब्रह्मन्नुपसन्नोऽस्म्यधीहि भोः।
यथा ते विदितो मोक्षस्तथेच्छाम्युपशिक्षितुम् ॥ ६८ ॥

ब्रह्मन्! आप मुझे तत्त्वकी बात बताइये। मैं शिष्यभावसे आपकी शरणमें आया हूँ। गुरुदेव! मुझे उपदेश कीजिये। आपको मोक्षके स्वरूपका जैसा ज्ञान है, वैसा ही मैं भी सीखना और जानना चाहता हूँ ॥ ६८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि गोकपिलीये एकोनसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २६९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें गोकपिलीयोपाख्यानविषयक दो सौ उनहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २६९ ॥

सप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

स्यूमरश्मि-कपिल-संवाद—चारों आश्रमोंमें उत्तम साधनोंके द्वारा ब्रह्मकी प्राप्तिका कथन

कपिल उवाच

वेदाः प्रमाणं लोकानां न वेदाः पृष्ठतः कृताः।
द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये शब्दब्रह्म परं च यत्॥ १॥

कपिलने कहा—स्यूमरश्मे! सम्पूर्ण लोकोंके लिये वेद ही प्रमाण हैं। अतः वेदोंकी अवहेलना नहीं की गयी है। ब्रह्मके दो रूप समझने चाहिये—शब्दब्रह्म (वेद) और परब्रह्म (सच्चिदानन्दघन परमात्मा)॥ १॥

शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति।
शरीरमेतत् कुरुते यद् वेदे कुरुते तनुम्॥ २॥
कृतशुद्धशरीरो हि पात्रं भवति ब्राह्मणः।
आनन्त्यमत्र युञ्ज्येदं कर्मणां तद् ब्रवीमि ते॥ ३॥

जो पुरुष शब्दब्रह्ममें पारगत (वेदोक्त कर्मोंके अनुष्ठान-से शुद्धचित्त हो चुका) है, वह परब्रह्मको प्राप्त कर लेता है। पिता और माता वेदोक्त गर्भाधानकी विधिसे बालकके जिस शरीरको जन्म देते हैं, वे उस बालकके उस शरीरका ही संस्कार करते हैं। इस प्रकार जिसका शरीर वैदिक संस्कारसे शुद्ध हो चुका है, वही ब्राह्मण पात्र होता है। अब मैं अपनी बुद्धिके अनुसार तुम्हें यह बता रहा हूँ कि कर्म किस प्रकार अक्षय मोक्ष-सुखकी प्राप्ति करानेमें कारण होते हैं॥ २-३॥

अनागममनैतिह्यं प्रत्यक्षं लोकसाक्षिकम्।
धर्म इत्येव ये यज्ञान् वितन्वन्ति निराशिषः॥ ४॥

जो अपना धर्म (कर्तव्य) समझकर बिना किसी प्रकारकी भोगेच्छाके यज्ञोंका अनुष्ठान करते हैं, उनके उस यज्ञका फल वेद या इतिहासद्वारा नहीं जाना जाता है। वह प्रत्यक्ष है और उसे सब लोग अपनी आँखों देखते हैं॥ ४॥

उत्पन्नत्यागिनोऽलुब्धाः कृपासूयाविवर्जिताः।
धनानामेष वै पन्थास्तीर्थेषु प्रतिपादनम्॥ ५॥
अनाश्रिताः पापकर्म कदाचित् कर्मयोगिनः।
मनःसंकल्पसंसिद्धा विशुद्धज्ञाननिश्चयाः॥ ६॥

जो प्राप्त हुए पदार्थोंका त्याग सब प्रकारके लालचको छोड़कर करते हैं, जो कृपणता और असूयासे रहित हैं और 'धनके उपयोगका यही सर्वोत्तम मार्ग है' ऐसा समझकर सत्पात्रोंको दान करते हैं, कभी पापकर्मका आश्रय नहीं लेते तथा सदा कर्मयोगके साधनमें ही लगे रहते हैं, उनके मान-सिक संकल्पकी सिद्धि होने लगती है और उन्हें विशुद्ध ज्ञान-द्वारा परब्रह्मके विषयमें दृढ निश्चय हो जाता है॥ ५-६॥

अक्रुध्यन्तोऽनसूयन्तो निरहङ्कारमत्सराः।
ज्ञाननिष्ठास्त्रिशुक्लाश्च सर्वभूतहिते रताः॥ ७॥

वे किसीपर क्रोध नहीं करते, कहीं दोषदृष्टि नहीं रखते, अहंकार तथा मात्सर्यसे दूर रहते हैं, ज्ञानके साधनोंमें उनकी निष्ठा होती है, उनके जन्म, कर्म और विद्या—तीनों ही शुद्ध होते हैं तथा वे समस्त प्राणियोंके हितमें तत्पर रहते हैं॥ ७॥

आसन् गृहस्था भूयिष्ठा अव्युत्क्रान्ताः स्वकर्मसु।
राजानश्च तथा युक्ता ब्राह्मणाश्च यथाविधि॥ ८॥

पूर्वकालमें बहुत-से ब्राह्मण और राजा ऐसे हो गये हैं, जो गृहस्थ आश्रममें ही रहते हुए अपने-अपने कर्मोंका त्याग न करके उनमें निष्काम भावसे विधिपूर्वक लगे रहे॥ ८॥

समा ह्यार्जवसम्पन्नाः संतुष्टा ज्ञाननिश्चयाः।
प्रत्यक्षधर्माः शुचयः श्रद्दधानाः परावरे॥ ९॥

वे सब प्राणियोंपर समान दृष्टि रखते थे। सरल, संतुष्ट, ज्ञाननिष्ठ, प्रत्यक्ष फल देनेवाले धर्मके अनुष्ठाता और शुद्धचित्त होते थे तथा शब्दब्रह्म एवं परब्रह्म—दोनोंमें ही श्रद्धा रखते थे॥ ९॥

पुरस्ताद् भावितात्मानो यथावच्चरितव्रताः।
चरन्ति धर्मं कृच्छ्रेऽपि दुर्गे चैवापि संहताः॥ १०॥
संहत्य धर्मं चरतां पुराऽऽसीत् सुखमेव तत्।
तेषां नासीद् विधातव्यं प्रायश्चित्तं कथंचन॥ ११॥

वे आवश्यक नियमोंका यथावत् पालन करके पहले अपने चित्तको शुद्ध करते थे और कठिनाई तथा दुर्गम स्थानोंमें पड़ जानेपर भी परस्पर मिलकर धर्मानुष्ठानमें तत्पर रहते थे। संघबद्ध होकर धर्मानुष्ठान करनेवाले उन पूर्ववर्ती पुरुषोंको इसमें सुखका ही अनुभव होता था। उन्हें किसी प्रकारका प्रायश्चित्त करनेकी आवश्यकता नहीं पड़ती थी॥ १०-११॥

सत्यं हि धर्ममास्थाय दुराधर्षतमा मताः।
न मात्रामनुरुध्यन्ते न धर्मच्छलमन्ततः॥ १२॥

वे सत्यधर्मका आश्रय लेकर ही अत्यन्त दुर्धर्ष माने जाते थे। लेशमात्र भी पाप नहीं करते थे और अन्ततोगत्वा अवसर उपस्थित होनेपर भी धर्मके विषयमें छलसे काम नहीं लेते थे॥ १२॥

य एव प्रथमः कल्पस्तमेवाभ्याचरन् सह।
तेषां नासीद् विधातव्यं प्रायश्चित्तं कदाचन॥ १३॥

जो प्रथम श्रेणीका धर्म माना जाता था, उसीका वे सब लोग साथ रहकर आचरण करते थे, अतः उनके सामने कभी प्रायश्चित्त करनेका अवसर नहीं आता था॥ १३॥

तस्मिन् विधौ स्थितानां हि प्रायश्चित्तं न विद्यते।
दुर्बलात्मन उत्पन्नं प्रायश्चित्तमिति श्रुतिः॥ १४॥

धर्मकी उस उत्तम श्रेणीमें स्थित हुए उन शुद्धचित्त

पुरुषोंके लिये प्रायश्चित्त हैं ही नहीं। जिनका हृदय दुर्बल है, उन्हींसे पाप होता है और उन्हींके लिये प्रायश्चित्तका विधान किया गया है--ऐसा सुननेमें आता है ॥ १४ ॥

एवं बहुविधा विप्राः पुराणा यज्ञवाहनाः।
त्रैविद्यवृद्धाः शुचयो वृत्तवन्तो यशस्विनः ॥ १५ ॥

इस प्रकार बहुत-से ब्राह्मण पूर्वकालमें यज्ञका निर्वाह करते थे। वे वेदविद्याके ज्ञानमें बढ़े-चढ़े, पवित्र, सदाचारी और यशस्वी थे ॥ १५ ॥

यजन्तोऽहरहर्यज्ञैर्निराशीर्बन्धना बुधाः।
तेषां यज्ञाश्च वेदाश्च कर्माणि च यथागमम् ॥ १६ ॥

वे विद्वान् पुरुष प्रतिदिन कामनाओंके बन्धनसे मुक्त हो यज्ञोंद्वारा भगवान्‌का यजन करते थे। उनके वे यज्ञ, वेदाध्ययन तथा अन्यान्य कर्म शास्त्रविधिके अनुसार सम्पन्न होते थे ॥ १६ ॥

आगमाश्च यथाकाले संकल्पाश्च यथाक्रमम्।
अपेतकामक्रोधानां दुश्चराचारकर्मणाम् ॥ १७ ॥

उन्होंने काम और क्रोधको त्याग दिया था। उनके आचार कर्म दूसरोंके लिये आचरणमें लाने अत्यन्त कठिन थे। उनके हृदयमें यथासमय शास्त्र-ज्ञान और सत्संकल्पका क्रमशः उदय होता था ॥ १७ ॥

स्वकर्मभिः शंसितानां प्रकृत्या शंसितात्मनाम्।
ऋजूनां शमनित्यानां स्वेषु कर्मसु वर्तताम् ॥ १८ ॥

अपने उत्तम कर्मोंके कारण उनकी बड़ी प्रशंसा होती थी। वे स्वभावसे ही पवित्रचित्त, सरल, शान्तिपरायण और स्वधर्मनिष्ठ होते थे ॥ १८ ॥

सर्वमानन्त्यमेवासीदिति नः शाश्वती श्रुतिः।
तेषामदीनसत्त्वानां दुश्चराचारकर्मणाम् ॥ १९ ॥

उनके हृदय बड़े उदार थे, उनके आचार और कर्म दूसरोंके लिये आचरणमें लानेमें अत्यन्त कठिन थे, अतः [illegible] सारा शुभ कर्म ही अक्षय मोक्षरूप फल देनेवाला था। यह बात सदा हमारे सुननेमें आयी है ॥ १९ ॥

स्वकर्मभिः सम्भृतानां तपो घोरत्वमागतम्।
तं सदाचारमाश्चर्यं पुराणं शाश्वतं ध्रुवम् ॥ २० ॥

वे अपने-अपने कर्मोंसे ही परिपुष्ट थे। उनकी [illegible] घोर रूप धारण [illegible] चुकी थी। वे आश्चर्यजनक सदाचार- [illegible] पालन करते थे और [illegible] उन्हें पुरातन, शाश्वत एवं अविनाशी ब्रह्मरूप [illegible] होता था ॥ २० ॥

अशक्नुवद्भिश्चरितुं किंचिद् धर्मेषु सूक्ष्मताम्।
निरापद्धर्म आचारो ह्यप्रमादोऽपराभवः ॥ २१ ॥

धर्मोंमें जो किंचित् सूक्ष्मता है, उसका आचरण करनेमें कितने ही लोग असमर्थ हो जाते हैं। वास्तवमें वेदोक्त आचार और धर्म आपत्तिसे रहित है। उसमें न तो [illegible] है और न पराभव ही है ॥ २१ ॥

सर्ववर्णेषु जातेषु नासीत् कश्चिद् व्यतिक्रमः।
व्यस्तमेकं चतुर्धा हि ब्राह्मणा आश्रमं विदुः ॥ २२ ॥

पूर्वकालमें सब वर्णोंकी उत्पत्ति हो जानेपर आश्रमके विषयमें कोई वैषम्य नहीं था। तदनन्तर एक ही आश्रमको अवस्था-भेदसे चार भागोंमें विभक्त किया गया। इस बातको सभी ब्राह्मण जानते रहे ॥ २२ ॥

तं सन्तो विधिवत् प्राप्य गच्छन्ति परमां गतिम्।
गृहेभ्य एव निष्क्रम्य वनमन्ये समाश्रिताः ॥ २३ ॥
गृहमेवाभिसंश्रित्य ततोऽन्ये ब्रह्मचारिणः।
[illegible] एते दिवि दृश्यन्ते ज्योतिर्भूता द्विजातयः ॥ २४ ॥
नक्षत्राणीव धिष्ण्येषु बहवस्तारकागणाः।
आनन्त्यमुपसम्प्राप्ताः संतोषादिति वैदिकम् ॥ २५ ॥

श्रेष्ठ पुरुष विधिपूर्वक उन सब आश्रमोंमें प्रवेश करके उनके धर्मका पालन करते हुए परमगतिको प्राप्त होते हैं। उनमेंसे कुछ लोग तो घरसे निकलकर (अर्थात् संन्यासी होकर), कुछ लोग वानप्रस्थका आश्रय लेकर, कुछ मानव गृहस्थ ही रहकर और कोई ब्रह्मचर्य आश्रमका सेवन करते हुए ही उस आश्रमधर्मका पालन करके परमपदको प्राप्त होते हैं। उस समय वे ही द्विजगण आकाशमें ज्योतिर्मयरूपसे दिखायी देते हैं, जो कि नक्षत्रोंके समान ही आकाशके विभिन्न स्थानोंमें अनेक तारागण हैं--इन सबने सन्तोषके द्वारा ही यह अनन्त पद प्राप्त किया है, ऐसा वैदिक सिद्धान्त है ॥ २३--२५ ॥

यद्यागच्छन्ति संसारं पुनर्योनिषु तादृशाः।
न लिप्यन्ते पापकृत्यैः कदाचित् कर्मयोनितः ॥ २६ ॥

ऐसे पुण्यात्मा पुरुष यदि कभी पुनः संसारकी कर्माधिकार युक्त योनियोंमें आते या जन्म ग्रहण करते हैं तो वे उस योनिके सम्बन्धसे पापकर्मोंद्वारा लिप्त नहीं होते हैं ॥ २६ ॥

एवमेव ब्रह्मचारी शुश्रूषुर्घोरनिश्चयः।
एवं युक्तो ब्राह्मणः स्यादन्यो ब्राह्मणको भवेत् ॥ २७ ॥

इसी प्रकार गुरुकी सेवामें [illegible] रहनेवाला, ब्रह्मचर्यपरायण, दृढ़ निश्चयवाला तथा योगयुक्त ब्रह्मचारी ही उत्तम ब्राह्मण हो सकता है। उससे भिन्न अन्य प्रकार- [illegible] ब्राह्मण निम्न कोटिका अथवा नाममात्रका ब्राह्मण [illegible] जाता है ॥ २७ ॥

कर्मैवं पुरुषस्याह शुभं वा यदि वाशुभम्।
एवं पक्वकषायाणामानन्त्येन श्रुतेन च ॥ २८ ॥
सर्वमानन्त्यमासीद् वै एवं नः शाश्वती श्रुतिः।
तेषामपेततृष्णानां निर्णिक्तानां शुभात्मनाम् ॥ २९ ॥

इस प्रकार शुभ अथवा अशुभ कर्म ही पुरुषका तदनुरूप नाम नियत करता है। जिनके राग-द्वेष आदि कषाय पक गये हैं, जिनके मनसे तृष्णा निकल गयी है, जो बाहर-भीतरसे शुद्ध हैं तथा जिनकी बुद्धि कल्याणमयहर [illegible]

लगी हुई है, उन तत्त्वज्ञानी पुरुषोंकी दृष्टिमें अनन्त ब्रह्मज्ञान तथा शास्त्रज्ञानके प्रभावसे [illegible] कुछ ब्रह्मस्वरूप हो गया था; यह बात सदा ही हमारे सुननेमें आयी है ॥ २८-२९ ॥

चतुर्थोपनिषद् धर्मः साधारण इति स्मृतिः ।
संसिद्धैः साध्यते नित्यं ब्राह्मणैर्नियतात्मभिः ॥ ३० ॥

तुरीय ब्रह्मसे सम्बन्ध रखनेवाली जो उपनिषद्-विद्या है, उसकी प्राप्ति करानेवाले शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा तथा समाधानरूप जो धर्म हैं, वह सभी वर्ण और आश्रमके लोगोंके लिये साधारण हैं—ऐसा स्मृतिका कथन है। परंतु जो संयतचित्त और तपःसिद्ध ब्रह्मनिष्ठ पुरुष हैं, वे ही सदा उस धर्मका साधन [illegible] पाते हैं ॥ ३० ॥

संतोषमूलस्त्यागात्मा ज्ञानाधिष्ठानमुच्यते ।
अपवर्गमतिर्नित्यो यतिधर्मः सनातनः ॥ ३१ ॥

संतोष ही जिसके सुखका मूल है, त्याग ही जिसका स्वरूप है, जो ज्ञानका आश्रय कहा जाता है, जिसमें मोक्षदायिनी बुद्धि—ब्रह्मसाक्षात्काररूप वृत्ति नित्य आवश्यक है, वह संन्यास आश्रमरूप धर्म सनातन है ॥ ३१ ॥

साधारणः केवलो वा यथाबलमुपासते ।
गच्छतां गच्छतां क्षेमं दुर्बलोऽत्रावसीदति ।
[illegible] पदमन्विच्छन् संसारान्मुच्यते शुचिः ॥ ३२ ॥

यह यतिधर्म अन्य आश्रमके धर्मोंसे मिला हुआ हो या [illegible] हो, जो अपने वैराग्य-बलके अनुसार इसका [illegible] लेते हैं, वे कल्याणके भागी होते हैं। इस मार्गसे जानेवाले सभी पथिकोंका परम कल्याण होता है; परंतु जो दुर्बल है—मन और इन्द्रियोंको वशमें न रखनेके कारण जो इसके साधनमें असमर्थ है, वही यहाँ शिथिल होकर बैठ रहता है। जो बाहर और भीतरसे पवित्र है, वह ब्रह्मपदका अनुसंधान [illegible] हुआ संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥

स्यूमरश्मिरुवाच

ये भुञ्जते ये ददते यजन्तेऽधीयते च ये ।
मात्राभिरुपलब्धाभिर्ये वा त्यागं समाश्रिताः ॥ ३३ ॥
जो अपने सदाचारको चन्द्रमाके समान विशुद्ध, उज्ज्वल एवं निर्विकार देखता है, वह धर्मात्मा पुरुष इहलोक और परलोकमें कीर्ति एवं उत्तम सुख पाता है ॥ १३ ॥

राज्ञस्तद् वचनं श्रुत्वा प्रीतिमानभवद् द्विजः ।
पूजयित्वा च तद् वाक्यं माण्डव्यो मोक्षमाश्रितः ॥ १४ ॥

राजाके ये वचन सुनकर ब्रह्मर्षि माण्डव्य बड़े प्रसन्न हुए। उनके कथनकी प्रशंसा करके मुनिने मोक्षमार्गका आश्रय लिया ॥ १४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि माण्डव्यजनकसंवादे षट्सप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २७६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें माण्डव्य और जनकका संवादविषयक दो सौ छिहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २७६ ॥

सप्तसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

शरीर और संसारकी अनित्यता तथा आत्मकल्याणकी इच्छा रखनेवाले पुरुषके कर्तव्यका निर्देश—पिता-पुत्रका संवाद

युधिष्ठिर उवाच

अतिक्रामति कालेऽस्मिन् सर्वभूतभयावहे ।
[illegible] श्रेयः प्रतिपद्येत तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! सम्पूर्ण प्राणियोंको [illegible] देनेवाला [illegible] काल धीरे-धीरे बीता जा रहा है। (कौन कब [illegible] जीवित रहेगा, इसका कुछ निश्चय नहीं है।) ऐसी दशामें मनुष्य किस कार्यको अपने लिये कल्याणकारी समझे, वह मुझे बताइये ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
पितुः पुत्रेण संवादं तं निबोध युधिष्ठिर ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! इस विषयमें विज्ञ पुरुष पिता-पुत्र संवादरूप एक प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, उसे सुनो ॥ २ ॥

द्विजातेः कस्यचित् पार्थ स्वाध्यायनिरतस्य वै ।
पुत्रो बभूव मेधावी मेधावी नाम नामतः ॥ ३ ॥

कुन्तीनन्दन ! प्राचीनकालमें किसी स्वाध्यायपरायण ब्राह्मणके एक बड़ा मेधावी पुत्र [illegible] हुआ, जिसका नाम 'मेधावी' ही था ॥ ३ ॥

सोऽब्रवीत् पितरं पुत्रः स्वाध्यायकरणे रतम् ।
मोक्षधर्मेष्वकुशलं मोक्षधर्मविचक्षणः ॥ ४ ॥

उसके पिता सदा स्वाध्यायमें ही तत्पर रहते थे, किंतु मोक्षधर्ममें इतने निपुण नहीं थे । पुत्र मोक्षधर्मके ज्ञानमें कुशल था; [illegible] उसने अपने पितासे पूछा ॥ ४ ॥

पुत्र उवाच

धीरः किंस्वित् तात कुर्यात् प्रजानन्
क्षिप्रं ह्यायुर्भ्रश्यते मानवानाम् ।
पितस्तथाऽऽख्याहि यथार्थयोगं
ममानुपूर्व्या येन धर्मं चरेयम् ॥ ५ ॥

पुत्र बोला—तात ! मनुष्योंकी आयु तीव्रगतिसे बीती जा रही है । इस बातको अच्छी तरह जाननेवाला धीर पुरुष किस धर्मका अनुष्ठान करे ? पिताजी ! यह [illegible] क्रमशः और यथार्थरूपसे आप मुझे बताइये, जिससे मैं भी उस धर्म- [illegible] आचरण कर सकूँ ॥ ५ ॥

पितोवाच

अधीत्य वेदान् ब्रह्मचर्येण पुत्र
पुत्रानिच्छेत् पावनार्थं पितॄणाम् ।
अग्नीनाधाय विधिवच्चेष्टयज्ञो
वनं प्रविश्याथ मुनिर्बुभूषेत् ॥ ६ ॥

पिताने कहा—बेटा ! द्विजको चाहिये कि वह पहले ब्रह्मचर्य-आश्रममें रहकर वेदोंका अध्ययन कर ले, फिर पितरोंका उद्धार करनेके लिये गृहस्थ-आश्रममें प्रवेश करके पुत्रोत्पादनकी इच्छा करे । वहाँ विधिपूर्वक अग्नियोंकी स्थापना करके उनमें विधिवत् अग्निहोत्र करे । इस प्रकार यज्ञकर्मका सम्पादन करके वानप्रस्थ-आश्रममें प्रविष्ट हो मुनिवृत्तिसे रहनेकी इच्छा करे ॥ ६ ॥

पुत्र उवाच

एवमभ्याहते लोके समन्ततः परिवारिते ।
अमोघासु पतन्तीषु [illegible] धीर इव भाषसे ॥ ७ ॥

पुत्रने पूछा—पिताजी ! यह लोक तो किसीके द्वारा अत्यन्त ताड़ित और [illegible] ओरसे घिरा हुआ जान पड़ता है । यहाँ ये अमोघ वस्तुएँ निरन्तर हमलोगोंपर टूटी पड़ती हैं । ऐसी दशामें [illegible] धीर पुरुषके समान कैसे बातचीत कर रहे हैं ? ॥ ७ ॥

पितोवाच

कथमभ्याहतो लोकः केन वा परिवारितः ।
अमोघाः काः पतन्तीह किं नु भीषयसीव माम् ॥ ८ ॥

पिता बोले—पुत्र ! तुम मुझे डरानेकी चेष्टा क्यों करते हो ? भला, यह लोक कैसे ताड़ित होता है अथवा किसने इसे घेर [illegible] है ? और यहाँ कौन-सी अमोघ वस्तुएँ हमपर टूटी पड़ती हैं ? ॥ ८ ॥

पुत्र उवाच

मृत्युनाभ्याहतो लोको जरया परिवारितः ।
अहोरात्राः पतन्त्येते ननु कस्मान्न बुध्यसे ॥ ९ ॥

पुत्र बोला—पिताजी ! देखिये, मृत्यु सारे जगत्को पीट रही है । बुढ़ापेने इसे घेर लिया है । ये दिन और रात्रियाँ हमपर टूटी पड़ती हैं । इस बातको आप [illegible] क्यों नहीं रहे हैं ? ॥ ९ ॥

यदाहमेव जानामि [illegible] मृत्युस्तिष्ठतीति ह ।
सोऽहं कथं प्रतीक्षिष्ये ज्ञानेनापिहितश्चरन् ॥ १० ॥

जब मैं यह अच्छी तरह जानता हूँ कि मौत मेरे कहनेसे क्षणभर भी रुक नहीं सकती और मैं ज्ञानरूपी कवचसे अपनेको बिना ढके हुए ही विचर रहा हूँ, तब यह समझकर भी मैं अपने कल्याणसाधनमें एक क्षणकी भी प्रतीक्षा कैसे करूँगा ? ॥ १० ॥

रात्र्यां रात्र्यां व्यतीतायामायुरल्पतरं यदा ।
गाधोदके [illegible] [illegible] सुखं विन्देत कस्तदा ॥ ११ ॥

जब प्रत्येक [illegible] बीतनेके बाद आयु क्षीण होकर कुछ-न-कुछ थोड़ी होती चली जा रही है, [illegible] छिछले पानीमें रहनेवाली मछलीके समान कौन सुख पा सकता है ? ॥ ११ ॥

पुष्पाणीव विचिन्वन्तमन्यत्र गतमानसम् ।
अनवाप्तेषु कामेषु मृत्युरभ्येति मानवम् ॥ १२ ॥

जैसे मनुष्य वनमें फूल चुन [illegible] हो, उसी बीचमें कोई हिंसक जीव उसपर आक्रमण [illegible] दे; उसी प्रकार जब मनुष्यका मन दूसरी ओर (विषयभोगोंमें) लगा होता है, उसी समय उसकी इच्छा पूर्ण होनेके पहले ही सहसा मौत आकर उसे दबोच लेती है ॥ १२ ॥

[illegible] कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराह्णिकम् ।
न हि प्रतीक्षते मृत्युः कृतं वास्य न वा कृतम् ॥ १३ ॥

इसलिये जिस कामको [illegible] करना हो, उसे आज ही कर ले । जिसे अपराह्णमें [illegible] हो, उसे पूर्वाह्णमें [illegible] कर डाले;

क्योंकि मृत्यु इस बातकी प्रतीक्षा नहीं करती कि इसका काम पूरा हो गया या नहीं ॥ १३ ॥

अद्यैव कुरु यच्छ्रेयो मा त्वां कालोऽत्यगान्महान् ।
को हि जानाति कस्याद्य मृत्युकालो भविष्यति ॥ १४ ॥

जो कल्याणकारी कार्य है, उसे आप [illegible] ही कर डालिये। यह महान् काल आपको लाँघ न जाय; क्योंकि कौन जानता है कि आज किसकी मृत्युकी घड़ी आ पहुँचेगी ॥ १४ ॥

अकृतेष्वेव कार्येषु मृत्युर्वै सम्प्रकर्षति ।
युवैव धर्मशीलः स्यादनिमित्तं [illegible] जीवितम् ॥ १५ ॥

सारे काम अधूरे ही रह जाते हैं और मौत अपनी ओर खींच लेती है, इसलिये युवावस्थामें ही मनुष्यको धर्मका आचरण करना चाहिये; क्योंकि जीवनका [illegible] ठिकाना नहीं है ॥ १५ ॥

कृते धर्मे भवेत् प्रीतिरिह प्रेत्य च शाश्वती ।
मोहेन हि समाविष्टः पुत्रदारार्थमुद्यतः ॥ १६ ॥
कृत्वा कार्यमकार्यं वा तुष्टिमेषां प्रयच्छति ।
तं पुत्रपशुसम्पन्नं व्यासक्तमनसं नरम् ॥ १७ ॥
सुप्तं व्याघ्रं महौघो वा मृत्युरादाय ग[illegible]

धर्माचरण करनेसे इस लोकमें प्रसन्नता [illegible] होती है और मृत्युके पश्चात् परलोकमें अक्षय सुखकी प्राप्ति होती है। जिसपर मोहका आवेश होता है, वही स्त्री-पुत्रोंके लिये तरह-तरहके काम-धंधोंकी खटपटमें [illegible] रहता है। वह करने और न करने योग्य काम करके भी इन सबको संतोष देता है। पुत्रों और पशुओंसे सम्पन्न हो [illegible] मनुष्यका मन उन्हींमें आसक्त रहता है, उसी समय जैसे नदीका महान् जलप्रवाह अपने तटपर सोये हुए व्याघ्रको बहा ले जाता है, उसी प्रकार मृत्यु उस मनुष्यको लेकर चल देती है ।१६-१७½।

संचिन्वानकमेवैनं कामानामवितृप्तकम् ॥ १८ ॥
वृकीवोरणमासाद्य मृत्युरादाय गच्छति ।

वह भोग-सामग्रियोंका संचय करता और कामनाओंसे अतृप्त ही रहता है। तभी [illegible] आकर उसे उसी तरह उठा ले जाती है, जैसे बाघिन भेड़के पास पहुँचकर उसे दबोच लेती है ॥१८½ ॥

इदं कृतमिदं कार्यमिदमन्यत् कृताकृतम् ॥ १९ ॥
एवमीहासमायुक्तं मृत्युरादाय गच्छति ।

मनुष्य सोचता है कि यह काम तो मैंने कर लिया, इस कामको अभी करना है और यह दूसरा कार्य कुछ हदतक हो गया है और शेष बाकी पड़ा है। इस प्रकार मनसूबे बाँधनेमें लगे हुए उस मनुष्यको मौत लेकर चल देती है ॥ १९½ ॥

कृतानां फलमप्राप्तं कार्याणां कर्मसङ्गिनाम् ॥ २० ॥
क्षेत्रापणगृहासक्तं मृत्युर्हरादाय गच्छति ।

वह अपने खेत, दूकान और घरके ही चक्करमें पड़ा रहता है। उनके लिये तरह-तरहके कर्मोंमें [illegible] है; परंतु [illegible] फल मिलने भी नहीं पाता कि मौत उसको इस संसारसे उठा [illegible] जाती है ॥ २०½ ॥

दुर्बलं बलवन्तं च प्राज्ञं शूरं जडं कविम् ॥ २१ ॥
अप्राप्तसर्वकामार्थं मृत्युर्हरादाय गच्छति ।

मनुष्य दुर्बल हो या बलवान्, बुद्धिमान् हो या शूरवीर अथवा मूर्ख हो या विद्वान्—मृत्यु उसकी समस्त कामनाओंके पूर्ण होनेसे पहले ही उसे उठा ले जाती है ॥ २१½ ॥

मृत्युर्जरा च व्याधिश्च दुःखं चानेककारणम् ॥ २२ ॥
अनत्याज्यं यदा मर्त्यैः किं [illegible] इव तिष्ठसि ।

पिताजी ! जब इस शरीरमें मृत्यु, जरा, व्याधि और अनेक कारणोंसे होनेवाले दुःखोंका ताँता बँधा ही रहता है और मनुष्य किसी [illegible] भी उनसे अपना पिण्ड नहीं छुड़ा सकते, तब ऐसी दशामें आप निश्चिन्त-से क्यों बैठे हैं ॥।

जातमेवान्तकोऽन्ताय [illegible] चाभ्येति देहिनम् ॥ २३ ॥
अनुषक्ता ह्यनेनैते भावाः स्थावरजङ्गमाः ।

मनुष्यके जन्म लेते ही उसका अन्त कर डालनेके लिये अन्तक (यमराज) उसके पीछे लग जाता है और बुढ़ापा भी देहधारीके पास आता ही है। समस्त चराचर पदार्थ इन दोनोंसे बँधे हुए हैं ॥ २३½ ॥

न मृत्युसेनामायान्तीं जातु कश्चित् प्रबाधते ॥ २४ ॥
बलात् सत्यमृते त्वेकं सत्ये ह्यमृतमाश्रितम् ।

एकमात्र सत्यके बिना कोई भी मनुष्य कभी सामने आती हुई मृत्युकी सेनाको बलपूर्वक नहीं दबा [illegible] (अतः असत्यको त्यागकर सत्यका ही आश्रय लेना चाहिये); क्योंकि सत्यमें ही अमृत (ब्रह्म) प्रतिष्ठित है ॥ २४½ ॥

मृत्योर्वा गृहमेतद् वै या ग्रामे वसतो रतिः ॥ २५ ॥
देवानामेष वै गोष्ठो यदरण्यमिति श्रुतिः ।

गाँव या नगरमें रहकर स्त्री-पुत्रोंमें आसक्ति रखना—यह मृत्युका घर ही है। 'यदरण्यम्' इस श्रुतिके अनुसार जो वानप्रस्थ-आश्रम है, वह देवताओंकी गोशालाके समान है ॥

निबन्धनी रज्जुरेषा या ग्रामे वसतो रतिः ॥ २६ ॥
छित्त्वैनां सुकृतो यान्ति नैनां छिन्दन्ति दुष्कृतः ।

गाँवोंमें रहकर विषय-भोगोंमें आसक्त होना—यह जीवको बाँधनेवाली रस्सीके समान है। केवल पुण्यात्मा पुरुष ही इसे काटकर निकल पाते हैं। पापी पुरुष इसे नहीं काट सकते ॥ २६½ ॥

यो न हिंसति सत्त्वानि मनोवाक्कर्महेतुभिः ॥ २७ ॥
जीवितार्थापनयनैः प्राणिभिर्न स बध्यते ।

जो मन, वाणी, क्रिया तथा अन्य कारणोंद्वारा भी प्राणीकी जीविकाका अपहरण करके उसकी हिंसा नहीं करता, उसको दूसरे प्राणी भी या बन्धनके कष्टमें नहीं डालते ॥ २७½ ॥

तस्मात् सत्यव्रताचारः ॥ २८ ॥
सत्यकामः समो दान्तः सत्येनैवान्तकं जयेत्।

अतः मनुष्यको सत्यव्रतका आचरण करना चाहिये। सत्यरूपी व्रतके पालनमें चाहिये। वह सत्यकी कामना करे। सबके प्रति समान भाव रखे। जितेन्द्रिय बने और सत्यके द्वारा ही मृत्युपर विजय प्राप्त करे ॥ २८½ ॥

अमृतं चैव मृत्युश्च द्वयं देहे प्रतिष्ठितम् ॥ २९ ॥
मृत्युरापद्यते मोहात् सत्येनापद्यतेऽमृतम्।

अमृत और मृत्यु—ये दोनों इस शरीरमें ही विद्यमान हैं। मोहसे मृत्यु प्राप्त होती है और सत्यसे अमृतपदकी उपलब्धि होती है ॥ २९½ ॥

सोऽहं सत्यमहिंसार्थी कामक्रोधबहिष्कृतः ॥ ३० ॥
समाश्रित्य सुखं क्षेमी मृत्युं हास्याम्यमृत्युवत्।

अतः अब मैं काम और क्रोधको त्यागकर अहिंसा-धर्मके पालनकी इच्छा करूँगा। सत्यका आश्रय लेकर कल्याणका भागी बनूँगा और अमरकी भाँति मृत्युको दूर हटा दूँगा ॥ ३०½ ॥

शान्तियज्ञरतो दान्तो ब्रह्मयज्ञे स्थितो मुनिः ॥ ३१ ॥
वाङ्मनःकर्मयज्ञश्च भविष्याम्युदगायने।

सूर्यके उत्तरायण होनेपर शान्तिमय यज्ञमें तत्पर, जितेन्द्रिय, ब्रह्मयज्ञपरायण एवं मननशील होकर मैं जप-स्वाध्यायरूप वाग्यज्ञ, मनोयज्ञ और शास्त्रविहित कर्मोंका निष्काम-भावसे आचरणरूप कर्मयज्ञका अनुष्ठान करूँगा ॥ ३१½ ॥

पशुयज्ञैः कथं हिंस्रैर्मादृशो यष्टुमर्हति ॥ ३२ ॥
अन्तवद्भिरुत प्राज्ञः क्षत्रयज्ञैः पिशाचवत्।

मेरे-जैसा ज्ञानवान् पुरुष हिंसाप्रधान पशुयज्ञोंद्वारा कैसे यजन कर सकता है? अथवा पिशाचके समान विनाश-शील क्षत्रिय—यज्ञोंके अनुष्ठानमें कैसे प्रवृत्त हो सकता है ॥

आत्मन्येवात्मना जात आत्मनिष्ठोऽप्रजः पितः ॥ ३३ ॥
आत्मयज्ञो भविष्यामि न मां तारयति प्रजा।

पिताजी! आत्मासे अपने आपमें ही हुआ हूँ। अपने आपमें ही स्थित हूँ। मेरे कोई संतान नहीं है। मैं ही यजमान होऊँगा। मुझे संतान नहीं तार सकती है ॥ ३३½ ॥

यस्य वाङ्मनसी स्यातां सम्यक् प्रणिहिते सदा ॥ ३४ ॥
योगश्च तैः सर्वमवाप्नुयात्।

जिसकी वाणी और मन सदा एकाग्र रहते तथा जिसमें तप, त्याग और योग—तीनोंका समावेश है, वह उनके द्वारा सब कुछ पा लेता है ॥ ३४½ ॥

नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति विद्यासमं फलम् ॥ ३५ ॥
नास्ति रागसमं दुःखं नास्ति त्यागसमं सुखम् ॥ ३६ ॥

संसारमें ब्रह्मविद्याके समान कोई नेत्र नहीं है, ब्रह्म-विद्याके समान कोई फल नहीं है, रागके समान कोई दुःख नहीं है और त्यागके समान कोई सुख नहीं है ॥ ३५-३६ ॥

नैतादृशं ब्राह्मणस्यास्ति वित्तं
यथैकता समता सत्यता च।
शीले स्थितिर्दण्डनिधानमार्जवं
ततस्ततश्चोपरमः क्रियाभ्यः ॥ ३७ ॥

ब्रह्ममें एकीभाव, समता, सत्यपरायणता, सदाचारनिष्ठा, त्याग (अहिंसा), तथा प्रकारके कर्मोंसे निवृत्ति—इनके दूसरा कोई धन नहीं है ॥ ३७ ॥

किं ते धनैर्बान्धवैर्वापि किं ते
किं ते दारैर्ब्राह्मण यो मरिष्यसि।
आत्मानमन्विच्छ गुहां प्रविष्टं
पितामहास्ते गताः पिता ॥ ३८ ॥

ब्राह्मणदेव (पिताजी)! जब दिन आपको मरना ही है, तब इन धन-वैभव, बन्धु-बान्धव तथा स्त्री-पुत्रोंसे प्रयोजन है? अपनी हृदयगुहामें विराजमान आत्माकी खोज कीजिये। सोचिये तो सही, आपके पिताजी कहाँ हैं, दादा बाबा कहाँ चले गये ॥ ३८ ॥

भीष्म उवाच

पुत्रस्यैतद् वचः श्रुत्वा तथाकार्षीत् पिता नृप।
त्वमपि वर्तस्व सत्यधर्मपरायणः ॥ ३९ ॥

भीष्मजी कहते हैं—नरेश्वर! पुत्रका यह वचन सुनकर उसके पिताने कुछ उसके कथनानुसार किया। उसी प्रकार तुम भी सत्य और धर्ममें तत्पर होकर उसी प्रकार आचरण करो ॥ ३९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पितापुत्रसंवादे सप्तसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २७७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पिता और पुत्रका संवादविषयक दो सौ सतहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २७७ ॥

अष्टसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

हारीत मुनिके द्वारा प्रतिपादित संन्यासीके स्वभाव, आचरण और धर्मोंका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

किंशीलः किंसमाचारः किंविद्यः किंपरायणः।
प्राप्नोति ब्रह्मणः स्थानं यत् परं प्रकृतेर्ध्रुवम्॥ १॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! प्रकृतिसे परे जो परब्रह्मका अविनाशी परमधाम है, उसे कैसे स्वभाव, किस तरहके आचरण, कैसी विद्या और किन कर्मोंमें तत्पर रहनेवाला पुरुष प्राप्त कर सकता है?॥ १॥

भीष्म उवाच

मोक्षधर्मेषु निरतो लघ्वाहारो जितेन्द्रियः।
प्राप्नोति परमं स्थानं यत् परं प्रकृतेर्ध्रुवम्॥ २॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! जो पुरुष मोक्षधर्ममें तत्पर, मिताहारी और जितेन्द्रिय होता है, वह उस प्रकृतिसे परे परब्रह्म परमात्माका जो अविनाशी परमधाम है, उसे प्राप्त कर लेता है॥ २॥

(अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
हारीतेन पुरा गीतं तं निबोध युधिष्ठिर॥)

युधिष्ठिर! पूर्वकालमें हारीत मुनिने जो [illegible] उपदेश किया है, इस विषयमें विज्ञ पुरुष उसी प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं, उसे सुनो॥

स्वगृहादभिनिःसृत्य लाभेऽलाभे समो मुनिः।
समुपोढेषु कामेषु निरपेक्षः परिव्रजेत्॥ ३॥

[illegible] पुरुषको चाहिये कि लाभ और हानिमें समान भाव रखकर मुनिवृत्तिसे रहे और भोगोंके उपस्थित होनेपर भी उनकी आकाङ्क्षासे रहित हो अपने घरसे निकलकर संन्यास ग्रहण कर ले॥ ३॥

न चक्षुषा न मनसा न वाचा दूषयेदपि।
न प्रत्यक्षं परोक्षं वा दूषणं व्याहरेत् क्वचित्॥ ४॥

न नेत्रसे, न मनसे और न वाणीसे ही वह दूसरेके दोष देखे, सोचे या कहे। किसीके सामने या परोक्षमें पराये दोषकी चर्चा कहीं न करे॥ ४॥

न हिंस्यात् सर्वभूतानि मैत्रायणगतश्चरेत्।
नेदं जीवितमासाद्य वैरं कुर्वीत केनचित्॥ ५॥

[illegible] प्राणियोंमेंसे किसीकी भी हिंसा न करे—किसीको भी पीड़ा न दे। सबके प्रति मित्रभाव रखकर विचरता रहे। इस नश्वर जीवनको लेकर किसीके साथ शत्रुता न करे॥ ५॥

अतिवादांस्तितिक्षेत नाभिमन्येत [illegible]।
क्रोध्यमानः प्रियं ब्रूयादाक्रुष्टः कुशलं वदेत्॥ ६॥

यदि कोई अपने प्रति अमर्यादित [illegible] कहे—निन्दा या कटुवचन सुनाये तो उसके उन वचनोंको चुपचाप सह ले। किसीके प्रति अहंकार या घमंड न प्रकट करे। कोई क्रोध करे तो भी उससे प्रिय वचन ही बोले। यदि कोई गाली दे तो भी उसके प्रति हितकर वचन ही मुँहसे निकाले॥ ६॥

प्रदक्षिणं च सव्यं च ग्राममध्ये च नाचरेत्।
भैक्षचर्यामनापन्नो न गच्छेत् पूर्वकेतितः॥ [illegible]॥

गाँव या जनसमुदायमें दायें-बायें न करे—किसीकी पक्ष-विपक्ष न करे तथा भिक्षावृत्तिको छोड़कर किसीके यहाँ पहलेसे निमन्त्रित होकर भोजनके लिये न जाय॥ ७॥

अवकीर्णः सुगुप्तश्च न वाचा ह्यप्रियं वदेत्।
मृदुः स्यादप्रतिक्रूरो विस्रब्धः स्यादकत्थनः॥ ८॥

कोई अपने ऊपर धूल या कीचड़ फेंके तो मुमुक्षु पुरुष उससे आत्मरक्षामात्र करे। बदलेमें स्वयं भी वैसा ही न करे और न मुँहसे कोई अप्रिय वचन [illegible] निकाले। सर्वदा मृदुताका बर्ताव करे। किसीके प्रति कठोरता न करे। निश्चिन्त रहे और बहुत बढ़-बढ़कर बातें न बनाये॥ ८॥

विधूमे न्यस्तमुसले व्यङ्गारे भुक्तवज्जने।
अतीतपात्रसंचारे भिक्षां लिप्सेत वै मुनिः॥ ९॥

[illegible] रसोईघरसे धूआँ निकलना बंद हो जाय, अनाज-मसाला कूटनेके लिये उठाया हुआ मूसल अलग [illegible] दिया जाय, चूल्हेकी आग ठंडी पड़ जाय, घरके लोग भोजन कर चुके हों और बर्तनोंका सचार—रसोई परोसी हुई थाली [illegible] इधर-उधर ले जाया जाना बंद हो जाय, उस समय संन्यासी मुनिको भिक्षा प्राप्त करनेकी चेष्टा करनी चाहिये॥

प्राणयात्रिकमात्रः स्यान्मात्रालाभेष्वनादृतः।
अलाभे न विहन्येत लाभश्चैनं न हर्षयेत्॥ १०॥

उसे केवल अपनी प्राणयात्राके निर्वाहमात्रका यत्न करना चाहिये। भर पेट भोजन मिल जाय, इसकी इच्छा नहीं रखनी चाहिये। यदि भिक्षा न मिले तो उससे मनमें पीड़ाका अनुभव न करे और मिल जाय तो उसके कारण वह हर्षित न हो॥ १०॥

लाभं साधारणं नेच्छेन्न भुञ्जीताभिपूजितः।
अभिपूजितलाभं हि जुगुप्सेतैव तादृशः॥ ११॥

साधारण (लौकिक) लाभकी इच्छा न करे। जहाँ विशेष आदर एवं पूजा होती हो, वहाँ भोजन न करे। मुमुक्षु पुरुष को आदर-सत्कारके लाभकी तो निन्दा करनी चाहिये॥ ११॥

न चान्नदोषान् निन्देत न गुणानभिपूजयेत्।
शय्यासने विविक्ते च नित्यमेवाभिपूजयेत्॥ १२॥

भिक्षामें मिले हुए अन्नके दोष बताकर उनकी निन्दा

न करे और न उसके गुण बताकर उन गुणोंकी प्रशंसा [illegible] करे। सोने और बैठनेके लिये सदा एकान्तका ही आदर करे॥

शून्यागारं वृक्षमूलमरण्यमथवा गुहाम्।
अज्ञातचर्यां गत्वान्यां ततोऽन्यत्रैव संविशेत्॥ १३॥

सूने घर, वृक्षकी जड़, [illegible] [illegible] पर्वतकी गुफामें अथवा अन्य किसी गुप्त स्थानमें अज्ञातभावसे रहकर आत्म-चिन्तनमें ही लगा रहे॥ १३॥

अनुरोधविरोधाभ्यां समः स्यादचलो ध्रुवः।
सुकृतं दुष्कृतं चोभे नानुरुध्येत कर्मणा॥ १४॥

लोगोंके अनुरोध या विरोध करनेपर भी सदा समभावसे रहे, निश्चल एवं स्थिरचित्त हो [illegible] तथा अपने कर्मोंद्वारा पुण्य एवं पापका अनुसरण न करे॥ १४॥

नित्यतृप्तः सुसंतुष्टः प्रसन्नवदनेन्द्रियः।
विभीर्जप्यपरो मौनी वैराग्यं समुपाश्रितः॥ १५॥

सर्वदा तृप्त और संतुष्ट रहे। [illegible] और इन्द्रियोंको [illegible] रखे। भयको [illegible] न आने दे। [illegible] आदिका जप [illegible] रहे तथा वैराग्यका आश्रय ले मौन रहे॥ १५॥

अभ्यस्तं भौतिकं पश्यन् भूतानामागतिं गतिम्।
निःस्पृहः समदर्शी च पक्वापक्वेन वर्तयन्।
आत्मना यः प्रशान्तात्मा लघ्वाहारो जितेन्द्रियः॥ १६॥

भौतिक देह, इन्द्रिय आदि सभी वस्तुएँ [illegible] होनेवाली हैं और प्राणियोंके आवागमन—जन्म और मरण—बारबार होते रहते हैं। यह [illegible] देख और सोचकर जो सर्वत्र निःस्पृह तथा समदर्शी हो गया है, पके (रोटी, भात आदि) और कच्चे ([illegible] मूल आदि) [illegible] जीवन-निर्वाह करता है, आत्मलाभ-[illegible] लिये जो शान्तचित्त हो [illegible] है तथा जो मिताहारी और जितेन्द्रिय है, वही वास्तवमें संन्यासी कहलाने योग्य है॥ १६॥

वाचो वेगं [illegible] क्रोधवेगं
हिंसावेगमुदरोपस्थवेगम्।
एतान् वेगान् विषहेद् वै तपस्वी
निन्दा [illegible] हृदयं नोपहन्यात्॥ १७॥

संन्यासी तपस्वी होकर वाणी, मन, क्रोध, हिंसा, उदर और उपस्थ—इनके वेगोंको सहता हुआ इन्हें वशमें रखे। दूसरोंद्वारा की हुई निन्दा उसके हृदयमें कोई विकार न उत्पन्न करे॥ १७॥

[illegible] [illegible] तिष्ठेत प्रशंसानिन्दयोः समः।
एतत् पवित्रं परमं परिव्राजक आश्रमे॥ १८॥

प्रशंसा और निन्दा—दोनोंमें समान भाव [illegible] उदासीन ही रहना चाहिये। संन्यासाश्रममें इस प्रकारका आचरण [illegible] पवित्र माना गया है॥ १८॥

महात्मा सर्वतो दान्तः सर्वत्रैवानपाश्रितः।
अपूर्वचारकः सौम्यो अनिकेतः समाहितः॥ १९॥

संन्यासीको महामनस्वी, [illegible] प्रकारसे जितेन्द्रिय, सब ओरसे असङ्ग, सौम्य, [illegible] और कुटियासे रहित तथा एकाग्रचित्त होना चाहिये। उसे अपने पूर्व आश्रमके परिचित स्थानोंमें नहीं विचरना चाहिये॥ १९॥

वानप्रस्थगृहस्थाभ्यां न संसृज्येत कर्हिचित्।
अज्ञातलिप्सां लिप्सेत न चैनं हर्ष आविशेत्॥ २०॥

वानप्रस्थों और गृहस्थोंके साथ उसे कभी संसर्ग नहीं [illegible] चाहिये। अपनी रुचि प्रकट किये बिना ही जो वस्तु [illegible] हो जाय, उसीको लेनेकी इच्छा रखनी चाहिये [illegible] अभीष्ट वस्तुके मिलनेपर उसके मनमें हर्षका आवेश नहीं होना चाहिये॥ २०॥

विजानतां मोक्ष एष श्रमः स्यादविजानताम्।
मोक्षयानमिदं कृत्स्नं विदुषां हारितोऽब्रवीत्॥ २१॥

यह संन्यासाश्रम ज्ञानियोंके लिये तो मोक्षरूप है, परंतु अज्ञानियोंके लिये श्रमरूप ही है। हारीत मुनिने विद्वानोंके लिये इस सम्पूर्ण धर्मको मोक्षका विमान बताया है॥ २१॥

अभयं सर्वभूतेभ्यो दत्त्वा यः प्रव्रजेद् गृहात्।
लोकास्तेजोमयास्तस्य तथाऽऽनन्त्याय कल्पते॥ २२॥

जो पुरुष सबको अभय-दान देकर घरसे निकल [illegible] है, उसे तेजोमय लोकोंकी प्राप्ति होती है तथा वह अनन्त परमात्मपदको [illegible] करनेमें समर्थ होता है॥ २२॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि हारीतगीतायां अष्टसप्तत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २७८॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें हारीतगीताविषयक दो सौ अठहत्तरवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २७८॥

(दाक्षिणात्य अधिक [illegible] १ श्लोक मिलाकर कुल २३ श्लोक [illegible])

एकोनाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

ब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय तथा उस विषयमें वृत्र-शुक्र-संवादका आरम्भ

युधिष्ठिर उवाच

धन्या धन्या इति जनाः सर्वेऽस्मान् प्रवदन्त्युत।
न दुःखिततरः कश्चित् पुमानस्माभिरस्ति [illegible]॥ [illegible]॥

युधिष्ठिरने कहा—पितामह! सभी लोग हमलोगोंको धन्य-धन्य कहते हैं, परंतु हमलोगोंसे बढ़कर अत्यन्त दुःखी दूसरा कोई मनुष्य नहीं है॥ १॥

लोकसम्भावितैर्दुःखं यत् प्राप्तं कुरुसत्तम।
प्राप्य [illegible] मनुष्येषु देवैरपि पितामह॥ [illegible]॥

कुरुश्रेष्ठ पितामह ! देवताओंद्वारा मानवलोकमें जन्म पाकर तथा सब लोगोंद्वारा सम्मानित होकर भी हमें यहाँ महान् दुःख प्राप्त हुआ है ॥ २ ॥

कदा वयं करिष्यामः संन्यासं दुःखसंज्ञकम् ।
दुःखमेतच्छरीराणां धारणं कुरुसत्तम ॥ ३ ॥

कुरुश्रेष्ठ ! संसारी मनुष्य जिसे दुःख कहते हैं, उस संन्यासका अवलम्बन हमलोग कब करेंगे ! हमें तो इन शरीरोंका धारण करना ही दुःख जान पड़ता है ॥ ३ ॥

विमुक्ताः सप्तदशभिर्हेतुभूतैश्च पञ्चभिः ।
इन्द्रियार्थैर्गुणैश्चैव अष्टाभिश्च पितामह ॥ ४ ॥
[illegible] गच्छन्ति पुनर्भावं मुनयः संशितव्रताः ।
कदा वयं गमिष्यामो राज्यं हित्वा परंतप ॥ ५ ॥

पितामह ! [illegible] ज्ञानेन्द्रिय, [illegible] कर्मेन्द्रिय, पञ्च प्राण, मन और बुद्धि—ये सत्रह तत्त्व; काम, क्रोध, लोभ, [illegible] और स्वप्न—ये संसारके पाँच हेतु; शब्द, स्पर्श, रूप, [illegible] और गन्ध—ये पाँच विषय; सत्त्व, रज और तम—ये तीन गुण [illegible] पाँच भूतोंसहित अविद्या, अहंकार और कर्म—ये आठ तत्त्वोंके समुदाय सब मिलाकर अट्ठतीस तत्त्व होते हैं। इन सबसे [illegible] हुए तीक्ष्ण व्रतधारी मुनि पुनर्जन्मको नहीं प्राप्त होते हैं। परंतप पितामह ! हमलोग भी कब अपना राज्य छोड़कर इसी स्थितिको [illegible] होंगे ॥ ४-५ ॥

भीष्म उवाच

नास्त्यनन्तं महाराज सर्वं संख्यानगोचरः ।
पुनर्भावोऽपि विख्यातो नास्ति किंचिदिहाचलम् ॥ ६ ॥

भीष्मजीने कहा—महाराज ! दुःख अनन्त नहीं है। जगत्की सभी वस्तुएँ संख्याकी सीमामें ही हैं—असंख्य नहीं हैं। पुनर्जन्म भी नश्वरताके लिये विख्यात ही है। तात्पर्य यह कि इस जगत्में कोई भी वस्तु अचल या स्थायी नहीं है ॥ ६ ॥

न चापि मन्यसे राजन्नेष दोषः प्रसङ्गतः ।
उद्योगादेव धर्मज्ञाः कालेनैव गमिष्यथ ॥ [illegible] ॥

तुम जो ऐसा मानते हो कि ऐश्वर्य दोषकारक होता है, क्योंकि [illegible] आसक्तिका हेतु होनेके कारण मोक्षका प्रतिबन्धक है तो तुम्हारी [illegible] मान्यता ठीक नहीं है; क्योंकि [illegible] लोग धर्मके [illegible] हो। स्वयं ही उद्योग करके शम, दम आदि साधनोंद्वारा कुछ ही कालमें मोक्ष [illegible] कर सकते हो ॥ ७ ॥

नेशोऽयं सततं देही नृपते पुण्यपापयोः ।
[illegible] समुत्थेन तमसा रुध्यतेऽपि च ॥ ८ ॥

नरेश्वर ! यह जीवात्मा पुण्य और पापके फल [illegible] और दुःख भोगनेमें स्वतन्त्र नहीं है, [illegible] पुण्य और पापोंसे उत्पन्न संस्काररूप अन्धकारसे यह आच्छन्न हो जाता है ॥ ८ ॥

यथाञ्जनमयो वायुः पुनर्मानःशिलं रजः ।
अनुप्रविश्य तद्वर्णो दृश्यते रञ्जयन् दिशः ॥ ९ ॥
तथा कर्मफलैर्देही रञ्जितस्तमसाऽऽवृतः ।
विवर्णो वर्णमाश्रित्य देहेषु परिवर्तते ॥ १० ॥

जैसे अन्धकारमयी वायु मैनसिलके लाल पीले चूर्णमें प्रवेश करके उसीके रंगसे युक्त हो सम्पूर्ण दिशाओंको रँगती दिखायी देती है, उसी प्रकार स्वभावतः वर्णविहीन यह जीवात्मा तमोमय अज्ञानसे आवृत और कर्मफलसे रञ्जित हो वही वर्ण ग्रहण कर अर्थात् विभिन्न शरीरोंके धर्मोंको स्वीकार करके [illegible] प्राणियोंके शरीरोंमें घूमता रहता है ॥ ९-१० ॥

ज्ञानेन हि यदा जन्तुरज्ञानप्रभवं तमः ।
व्यपोहति तदा [illegible] प्रकाशति सनातनम् ॥ ११ ॥

जब जीव तत्त्वज्ञानद्वारा अज्ञानजनित अन्धकारको दूर कर देता है, तब उसके हृदयमें सनातन ब्रह्म प्रकाशित हो जाता है ॥ ११ ॥

अयत्नसाध्यं मुनयो वदन्ति
ये चापि मुक्तास्त उपासितव्याः ।
त्वया च लोकेन [illegible] सामरेण
तस्मान्नमस्यामि महर्षिसङ्घान् ॥ १२ ॥

ऋषि-मुनि कहते हैं कि ब्रह्मकी प्राप्ति किसी क्रियात्मक यत्नसे साध्य नहीं है। इसके लिये तो देवताओंसहित सम्पूर्ण जगत्को और तुमको उन पुरुषोंकी [illegible] करनी चाहिये, जो जीवन्मुक्त हैं; अतएव मैं महर्षियोंके समुदायको नमस्कार करता हूँ ॥ १२ ॥

अस्मिन्नर्थे पुरा गीतं शृणुष्वैकमना नृप ।
[illegible] दैत्येन वृत्रेण भ्रष्टैश्वर्येण चेष्टितम् ॥ १३ ॥
निर्जितेनासहायेन हृतराज्येन भारत ।
अशोचता शत्रुमध्ये बुद्धिमास्थाय केवलाम् ॥ १४ ॥

नरेश्वर ! इस विषयमें एक प्राचीन इतिहास कहा जाता है। उसे एकचित्त होकर सुनो। भरतनन्दन ! पूर्वकालमें वृत्रासुर पराजित और ऐश्वर्य-भ्रष्ट हो गया था। उसका कोई सहायक नहीं रह गया था। देवताओंने उसका राज्य छीन लिया था। [illegible] दशामें पड़कर भी उस असुरने जैसी चेष्टा की थी, उसीका इस कथामें वर्णन है। वह शत्रुओंके बीचमें रहकर भी आसक्तिशून्य बुद्धिका आश्रय ले शोक नहीं करता था ॥ १३-१४ ॥

भ्रष्टैश्वर्यं पुरा वृत्रमुशना वाक्यमब्रवीत् ।
कच्चित् पराजितस्याद्य न व्यथा तेऽस्ति दानव ॥ १५ ॥

पूर्वकालकी बात है कि वृत्रासुरको ऐश्वर्यभ्रष्ट हुआ देख शुक्राचार्यने उससे पूछा—दानवराज ! तुम्हें देवताओंने पराजित [illegible] दिया है तो भी आजकल तुम्हारे चित्तमें किसी प्रकारकी [illegible] नहीं है; इसका क्या कारण है ?' ॥ १५ ॥

वृत्र उवाच

सत्येन तपसा चैव विदित्वासंशयं ह्यहम् ।
न शोचामि न हृष्यामि भूतानामागतिं गतिम् ॥ १६ ॥

वृत्रासुरने कहा—ब्रह्मन् ! मैंने सत्य और तपके प्रभावसे जीवोंके आवागमनका रहस्य निश्चितरूपसे जान लिया है; इसलिये [illegible] उसके विषयमें हर्ष और शोक नहीं करता हूँ ॥ १६ ॥

कालसंचोदिता जीवा मज्जन्ति नरकेऽवशाः ।
परितुष्टानि सर्वाणि दिव्यान्याहुर्मनीषिणः ॥ १७ ॥

कालसे प्रेरित हुए जीव अपने पापकर्मोंके फलस्वरूप विवश होकर नरकमें डूबते हैं और पुण्यके फलसे वे सब-के-[illegible] स्वर्गलोकमें जाकर वहाँ आनन्द भोगते हैं । ऐसा मनीषी पुरुषोंका कथन है ॥ १७ ॥

क्षपयित्वा [illegible] तं कालं गणितं कालचोदिताः ।
सावशेषेण कालेन सम्भवन्ति पुनः पुनः ॥ १८ ॥

[illegible] प्रकार स्वर्ग अथवा नरकमें कर्मफलभोगद्वारा निश्चित समय व्यतीत करके भोगनेसे बचे हुए कर्मसहित कालकी प्रेरणासे वे बारबार इस संसारमें जन्म लेते रहते [illegible] ॥ १८ ॥

तिर्यग्योनिसहस्राणि गत्वा नरकमेव च ।
निर्गच्छन्त्यवशा जीवाः [illegible] ॥ १९ ॥

कामनाओंके बन्धनमें बँधकर विवश हुए कितने ही जीव सहस्रों बार तिर्यक्योनि तथा नरकमें पड़कर पुनः वहाँसे निकलते हैं ॥ १९ ॥

एवं संसरमाणानि जीवान्यहमदृष्टवान् ।
[illegible] कर्म [illegible] [illegible] इति शास्त्रनिदर्शनम् ॥ २० ॥

इस प्रकार मैंने सभी जीवोंको जन्म-मरणके चक्करमें पड़ा हुआ देखा है । [illegible] भी ऐसा सिद्धान्त है कि जैसा कर्म होता है, वैसा ही [illegible] मिलता है ॥ २० ॥

तिर्यग् गच्छन्ति नरकं मानुष्यं दैवमेव च ।
सुखदुःखे प्रिये द्वेष्ये चरित्वा पूर्वमेव ह ॥ २१ ॥

प्राणी पहले ही सुख-दुःख तथा प्रिय और अप्रिय-विषयोंमें विचरण करके कर्मके अनुसार नरक, तिर्यग्योनि, मनुष्ययोनि अथवा देवयोनिमें जाते हैं ॥ २१ ॥

कृतान्तविधिसंयुक्तः सर्वो लोकः प्रपद्यते ।
गतं गच्छन्ति चाध्वानं सर्वभूतानि सर्वदा ॥ २२ ॥

[illegible] जीव जगत्-विधाताके विधानसे ही परिचालित हो सुख-दुःख पाता है और [illegible] प्राणी सदा चले हुए मार्ग-पर ही चलते हैं ॥ २२ ॥

कालसंख्यानसंख्यातं सृष्टिस्थितिपरायणम् ।
तं भाषमाणं भगवानुशना प्रत्यभाषत ।
धीमन् दुष्टप्रलापांस्त्वं तात कस्मात् प्रभाषसे ॥ २३ ॥

जो काल नामसे प्रसिद्ध एवं सृष्टि और पालनके परम आश्रय हैं, उन परमात्माका प्रतिपादन करते हुए वृत्रासुरकी [illegible] सुनकर भगवान् शुक्राचार्यने उससे कहा—'तात ! तुम तो बड़े बुद्धिमान् हो, फिर ये असुरभावके विपरीत दोषयुक्त निरर्थक वचन कैसे कह रहे हो ?' ॥ २३ ॥

वृत्र उवाच

प्रत्यक्षमेतद् भवतस्तथान्येषां मनीषिणाम् ।
मया यज्जयलुब्धेन पुरा तप्तं महत् तपः ॥ २४ ॥

वृत्रासुरने कहा—ब्रह्मन् ! आपने तथा दूसरे मनीषी महानुभावोंने यह तो प्रत्यक्ष देखा है कि मैंने पहले विजयके लोभसे बड़ी भारी तपस्या की थी ॥ २४ ॥

गन्धानादाय भूतानां रसांश्च विविधानपि ।
अवर्धं त्रीन् समाक्रम्य लोकान् वै स्वेन तेजसा ॥ २५ ॥

मैं बलमें बहुत बढ़ा-चढ़ा था; अतः मैंने अपने ही तेजसे तीनों लोकोंपर आक्रमण करके दूसरे प्राणियोंको धूलमें मिलाकर उनके उपभोगकी गन्ध और रस आदि विविध वस्तुएँ छीन ली थीं ॥ २५ ॥

ज्वालामालापरिक्षिप्तो वैहायसचरस्तथा ।
अजेयः सर्वभूतानामासं नित्यमपेतभीः ॥ २६ ॥

मेरे शरीरसे आगकी लपटें निकलती थीं और [illegible] ज्वाला-मालाओंसे घिरकर सदा आकाशमें निर्भय विचरता हुआ [illegible] प्राणियोंके लिये अजेय हो गया था ॥ २६ ॥

ऐश्वर्यं तपसा प्राप्तं भ्रष्टं [illegible] स्वकर्मभिः ।
धृतिमास्थाय भगवन् न शोचामि ततस्त्वहम् ॥ २७ ॥

भगवन् ! इस प्रकार मैंने तपस्याके प्रभावसे जो ऐश्वर्य [illegible] किया था, वह मेरे अपने ही कर्मोंसे नष्ट हो गया । तथापि मैं धैर्य धारण करके उसके लिये शोक नहीं करता हूँ ॥

युयुत्सुना महेन्द्रेण पुंसा सार्धं महात्मना ।
ततो मे भगवान् दृष्टो हरिर्नारायणः प्रभुः ॥ २८ ॥

महामनस्वी पुरुषप्रवर देवराज इन्द्र जब युद्धकी इच्छासे मेरे सामने आये, उस समय उनके साथ उन्हींकी सहायताके लिये आये हुए सबके प्रभु भगवान् श्रीनारायण हरिका मैंने दर्शन किया था ॥ २८ ॥

वैकुण्ठः पुरुषोऽनन्तः शुक्लो विष्णुः सनातनः ।
मुञ्जकेशो हरिश्मश्रुः सर्वभूतपितामहः ॥ २९ ॥

वे भगवान् वैकुण्ठ, पुरुष, अनन्त, [illegible], विष्णु, सनातन, मुञ्जकेश, हरिश्मश्रु तथा सम्पूर्ण भूतोंके पितामह हैं ॥

नूनं [illegible] [illegible] तपसः सावशेषमिहास्ति वै ।
यदहं प्रष्टुमिच्छामि भगवन् कर्मणः फलम् ॥ ३० ॥

भगवन् ! अवश्य ही मेरी उस तपस्याका कोई [illegible] भी शेष रह गया है, अतः मैं उस कर्मफलके विषयमें प्रश्न करना चाहता हूँ ॥ ३० ॥

ऐश्वर्यं वै महद् [illegible] वर्णे कस्मिन् प्रतिष्ठितम् ।

निवर्तते चापि पुनः कथमैश्वर्यमुत्तमम् ॥ ३१ ॥

अणिमा आदि ऐश्वर्य और महद् ब्रह्म किस वर्णमें प्रतिष्ठित हैं ? तथा वह उत्तम ऐश्वर्य कैसे नष्ट हो जाता है ? ॥

कस्माद् भूतानि जीवन्ति प्रवर्तन्ते तथा पुनः ।
किं वा फलं परं प्राप्य जीवस्तिष्ठति शाश्वतः ॥ ३२ ॥

प्राणी किस हेतुसे जीवन धारण करते हैं ? तथा किस कारणसे कर्मोंमें प्रवृत्त होते हैं ? जीव किस परम फलको पाकर अविनाशी एवं सनातनरूपसे प्रतिष्ठित होता है ? ॥ ३२ ॥

केन वा कर्मणा शक्यमथ ज्ञानेन केन वा ।
तदवाप्तुं फलं विप्र तन्मे व्याख्यातुमर्हसि ॥ ३३ ॥

विप्रवर ! किस कर्म अथवा ज्ञानसे उस फलको प्राप्त किया जा सकता है ? यह मुझे बतानेकी कृपा करें ॥ ३३ ॥

इतीदमुक्तः स मुनिस्तदानीं
प्रत्याह यत् तच्छृणु राजसिंह ।
मयोच्यमानं पुरुषर्षभ त्व-
मनन्यचित्तः सह सोदरीयैः ॥ ३४ ॥

राजसिंह ! पुरुषप्रवर युधिष्ठिर ! उसके ऐसा प्रश्न करनेपर मुनिवर शुक्राचार्यने उस समय उसे जो उत्तर दिया, उसे मैं बता रहा हूँ, तुम अपने भाइयोंके साथ एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥ ३४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वृत्रगीतासु एकोनाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २७९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वृत्र-गीताविषयक दो सौ उन्यासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २७९ ॥

अशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

वृत्रासुरको सनत्कुमारका अध्यात्मविषयक उपदेश देना और उसकी परमगति तथा भीष्मद्वारा युधिष्ठिरकी शङ्काका निवारण

उशनोवाच

नमस्तस्मै भगवते देवाय प्रभविष्णवे ।
यस्य पृथ्वीतलं तात साकाशं बाहुगोचरः ॥ १ ॥

शुक्राचार्यने कहा—तात ! आकाशसहित यह सारी पृथ्वी जिनकी भुजाओंके बलपर स्थित है, महान् प्रभावशाली उन भगवान् विष्णुदेवको नमस्कार है ॥ १ ॥

मूर्धा यस्य त्वनन्तं च स्थानं दानवसत्तम ।
तस्याहं ते प्रवक्ष्यामि विष्णोर्माहात्म्यमुत्तमम् ॥ २ ॥

दानवश्रेष्ठ ! जिनका मस्तक और स्थान भी अनन्त है, उन भगवान् विष्णुका उत्तम माहात्म्य मैं तुम्हें बताऊँगा ॥

तयोः संवदतोरेवमाजगाम महामुनिः ।
सनत्कुमारो धर्मात्मा संशयच्छेदनाय वै ॥ ३ ॥

शुक्राचार्य और वृत्रासुरमें ये बातें हो ही रही थीं कि वहाँ महामुनि धर्मात्मा सनत्कुमार उनके संशयका निवारण करनेके लिये आ पहुँचे ॥ ३ ॥

स पूजितोऽसुरेन्द्रेण मुनिनोशनसा तथा ।
निषसादासने राजन् महार्हे मुनिपुङ्गवः ॥ ४ ॥

राजन् ! असुरराज वृत्र और मुनि शुक्राचार्यके द्वारा पूजित हो मुनिवर सनत्कुमार एक बहुमूल्य सिंहासनपर विराजमान हुए ॥ ४ ॥

तमासीनं महाप्रज्ञमुशना वाक्यमब्रवीत् ।
ब्रूह्यस्मै दानवेन्द्राय विष्णोर्माहात्म्यमुत्तमम् ॥ ५ ॥

जब महाज्ञानी सनत्कुमार आरामसे बैठ गये, तब शुक्राचार्यने उनसे कहा—'भगवन् ! आप इस दानवराजको भगवान् विष्णुका उत्तम माहात्म्य बताइये' ॥ ५ ॥

सनत्कुमारस्तु ततः श्रुत्वा प्राह वचोऽर्थवत् ।
विष्णोर्माहात्म्यसंयुक्तं दानवेन्द्राय धीमते ॥ ६ ॥

यह सुनकर सनत्कुमारजीने बुद्धिमान् दानवराज वृत्रासुरके प्रति भगवान् विष्णुकी महिमासे युक्त यह सार्थक वचन कहा— ॥ ६ ॥

शृणु सर्वमिदं दैत्य विष्णोर्माहात्म्यमुत्तमम् ।
विष्णौ जगत् स्थितं सर्वमिति विद्धि परंतप ॥ ७ ॥

'शत्रुओंको संताप देनेवाले दैत्य ! भगवान् विष्णुका यह सम्पूर्ण उत्तम माहात्म्य सुनो—तुम्हें यह मालूम होना चाहिये कि यह समस्त संसार भगवान् विष्णुमें ही स्थित है ॥

सृजत्येष महाबाहो भूतग्रामं चराचरम् ।
एष चाक्षिपते काले काले विसृजते पुनः ॥ ८ ॥

'पर महाबाहो ! ये श्रीविष्णु ही सम्पूर्ण चराचर प्राणि समुदायकी सृष्टि करते हैं और ये ही समय आनेपर उसका विनाश करते हैं एवं समय आनेपर पुनः सृष्टि भी करते हैं ॥ ८ ॥

अस्मिन् गच्छन्ति विलयमस्माच्च प्रभवन्त्युत ।
नैष ज्ञानवता शक्यस्तपसा नैव चेज्यया ।
सम्प्राप्तुमिन्द्रियाणां तु संयमेनैव शक्यते ॥ ९ ॥

'समस्त प्राणी इन्हींमें लयको प्राप्त होते हैं और इन्हींसे प्रकट भी होते हैं । इन्हें कोई ज्ञानवान्, तपस्या और यज्ञके द्वारा भी नहीं पा सकता । केवल इन्द्रियोंके संयमसे ही उनकी उपलब्धि हो सकती है ॥ ९ ॥

बाह्ये चाभ्यन्तरे चैव कर्मणा मनसि स्थितः ।
निर्मलीकुरुते बुद्ध्या सोऽमुत्रानन्त्यमश्नुते ॥ १० ॥

'जो बाह्य ([illegible] आदि) और आभ्यन्तर ([illegible]

सनकादि महर्षियोंकी शुक्राचार्य एवं वृत्रासुरसे भेंट

आदि) कर्मोंमें प्रवृत्त होकर मनके विषयमें स्थिरता प्राप्त करके अर्थात् मनको स्थिर करके बुद्धिके द्वारा उसे निर्मल बनाता है, वह परलोकमें अक्षय सुख (मोक्ष) को प्राप्त कर लेता है ॥ १० ॥

यथा हिरण्यकर्ता [illegible] रूप्यमग्नौ विशोधयेत् ।
बहुशोऽतिप्रयत्नेन महताऽऽत्मकृतेन ह ॥ ११ ॥
तद्वज्जातिशतैर्जीवः शुद्ध्यतेऽनेन कर्मणा ।
यत्नेन महता चैवाप्येकजातौ विशुद्ध्यते ॥ १२ ॥

'जैसे सोनार बारंबार किये हुए अपने महान् प्रयत्नके द्वारा चाँदीको आगमें डालकर उसे [illegible] करता है, उसी प्रकार जीव सैकड़ों जन्मोंमें अपने मनको [illegible] पाता है; परंतु इस यज्ञ आदि और शम-दम आदि कर्मोंद्वारा यदि [illegible] महान् प्रयत्न करे तो एक ही जन्ममें [illegible] हो जाता है [illegible] ११-१२ ॥

लीलयाल्पं यथा गात्रात् प्रमृज्यादात्मनो रजः ।
बहुयत्नेन महता दोषनिर्हरणं तथा ॥ १३ ॥

'जैसे अपने शरीरमें लगी हुई थोड़ी सी धूलको मनुष्य साधारण चेष्टासे खेल-खेलमें ही झाड़-पोंछ देता है, उसी [illegible] बारंबार किये हुए महान् प्रयत्नसे वह अपने राग-द्वेष आदि दोषोंको भी दूर [illegible] सकता है ॥ १३ ॥

यथा चाल्पेन माल्येन वासितं तिलसर्षपम् ।
न मुञ्चति स्वकं गन्धं तद्वत् सूक्ष्मस्य दर्शनम् ॥ १४ ॥

'जैसे थोड़े-से पुष्प एवं मालाद्वारा वासित किया हुआ तिल और सरसोंका तेल अपनी गन्ध नहीं छोड़ता है, उसी [illegible] थोड़े-से प्रयत्नसे न तो दोष दूर होते हैं और न सूक्ष्म [illegible] ही हो पाता है ॥ १४ ॥

तदेव बहुभिर्माल्यैर्वास्यमानं पुनः पुनः ।
विमुञ्चति स्वकं गन्धं माल्यगन्धे च तिष्ठति ॥ १५ ॥
एवं जातिशतैर्युक्तो गुणैरेव प्रसङ्गिषु ।
बुद्ध्या निवर्तते दोषो यत्नेनाभ्यासजेन ह ॥ १६ ॥

'वही तिल या सरसोंका तेल बहुत-से सुगन्धित पुष्पोंद्वारा बारंबार वासित होनेपर अपनी गन्धको छोड़ देता है और उस फूलकी गन्धमें ही स्थित हो जाता है। उसी प्रकार सैकड़ों जन्मोंमें स्त्री पुत्र आदिके संसर्गसे युक्त तथा सत्त्व, रज और तम—इन तीनों गुणोंद्वारा प्रवर्तित दोषसमूह बुद्धि तथा अभ्यासजनित यत्नसे निवृत्त हो पाता है ॥ १५-१६ ॥

कर्मणा त्वनुरक्तानि विरक्तानि च दानव ।
यथा कर्मविशेषांश्च प्राप्नुवन्ति तथा शृणु ॥ १७ ॥

'दनुनन्दन ! कर्मसे अनुरक्त और कर्मसे विरक्त होनेवाले प्राणिसमूह जिस प्रकार राग और विरागके हेतुभूत विभिन्न कर्मोंको प्राप्त होते हैं, वह सुनो ॥ १७ ॥

यथावत् सम्प्रवर्तन्ते यस्मिंस्तिष्ठन्ति वा विभो ।
तत् तेऽनुपूर्व्या व्याख्यास्ये तदिहैकमनाः [illegible] ॥ १८ ॥

'प्रभो ! जिस प्रकार वे कर्ममें प्रवृत्त होते तथा जिस निमित्तसे उसमें स्थित होते हैं और जिस अवस्थामें उससे निवृत्त हो जाते हैं, वह सब [illegible] तुमसे क्रमशः बताऊँगा । तुम उसे यहाँ एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥ १८ ॥

अनादिनिधनः श्रीमान् हरिर्नारायणः प्रभुः ।
देवः सृजति भूतानि स्थावराणि चराणि च ॥ १९ ॥

'श्रीमान् भगवान् नारायण हरि आदि और अन्तसे रहित हैं। वे ही चराचर प्राणियोंकी रचना करते हैं ॥१९॥

स वै सर्वेषु भूतेषु क्षरश्चाक्षर एव च ।
एकादशविकारात्मा जगत् पिबति रश्मिभिः ॥ २० ॥

'वे ही सम्पूर्ण प्राणियोंमें क्षर और अक्षररूपसे विद्यमान हैं। ग्यारह इन्द्रियोंका जो वैकारिक सर्ग है, [illegible] भी उन्हींका स्वरूप है। वे अपनी चैतन्यमयी किरणोंद्वारा सम्पूर्ण जगत्‌में [illegible] हो रहे हैं ॥ २० ॥

पादौ तस्य महीं विद्धि मूर्धानं दिवमित्युत ।
बाहवस्तु दिशो दैत्य श्रोत्रमाकाशमेव च ॥ २१ ॥
तस्य तेजोमयः सूर्यो मनश्चन्द्रमसि स्थितम् ।
बुद्धिर्ज्ञानगता नित्यं रसस्त्वप्सु प्रतिष्ठितः ॥ २२ ॥

'दैत्यराज ! पृथ्वीको भगवान् विष्णुके दोनों चरण समझो, स्वर्गलोकको [illegible] जानो, ये चारों दिशाएँ उनकी [illegible] भुजाएँ हैं, [illegible] है, तेजस्वी सूर्य उनका नेत्र है, [illegible] चन्द्रमा है, बुद्धि (महत्तत्त्व) उनकी नित्य ज्ञानवृत्ति [illegible] और [illegible] रसनेन्द्रिय है ॥ २१-२२ ॥

भ्रुवोरनन्तरास्तस्य [illegible] दानवसत्तम ।
नक्षत्रचक्रं नेत्राभ्यां पादयोर्भूश्च दानव ॥ २३ ॥

'दानवप्रवर ! सम्पूर्ण ग्रह उनकी दोनों भौंहोंके बीचमें स्थित हैं। नक्षत्रमण्डल नेत्रोंसे [illegible] हुआ है। दनुनन्दन ! [illegible] पृथ्वी उनके दोनों चरणोंमें स्थित है ॥ २३ ॥

(तं विद्धि भूतं विश्वादिं परमं विद्धि चेश्वरम् ।)
[illegible] सत्त्वं च विद्धि नारायणात्मकम् ।
सोऽऽश्रमाणां फलं तात कर्मणस्तत् फलं विदुः ॥ २४ ॥

'उन्हें [illegible] सम्पूर्ण भूतस्वरूप, इस जगत्‌का आदिकारण और परमेश्वर समझो। रजोगुण, तमोगुण और सत्त्वगुण—इन तीनोंको नारायणमय ही मानो। तात ! समस्त आश्रमोंका

१. श्रीविष्णुपुराणमें तीन प्रकारकी प्राकृत सृष्टि बतायी गयी है—पहली महत्तत्त्वकी सृष्टि है, जिसे यहाँ 'क्षर' शब्दसे कहा गया है। दूसरी भूत-सृष्टि मानी गयी है, जो तन्मात्राओंकी सृष्टि है। यहाँ 'भूतेषु' पदके द्वारा उसीकी ओर संकेत किया गया है। 'एकादशविकारात्मा' इस पदके द्वारा तीसरी सृष्टिका निर्देश किया गया है, जिसे वैकारिक [illegible] ऐन्द्रियक सर्ग भी कहते हैं। इसमें पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय और एक मन—इन ग्यारह तत्त्वोंकी रचना हुई है।

फल वे ही हैं। विद्वान् पुरुष समस्त कर्मोंद्वारा प्राप्तव्य फल उन्हींको मानते हैं॥ २४॥

अकर्मणः फलं चैव स एव परमव्ययः।
छन्दांसि यस्य रोमाणि ह्यक्षरं च सरस्वती॥ २५॥

'कर्मोंका त्यागरूप जो संन्यास है, उसका फल भी वे ही अविनाशी परमात्मा हैं। वेद-मन्त्र उनके रोम हैं तथा प्रणव उनकी वाणी है॥ २५॥

बह्वाश्रयो बहुमुखो धर्मो हृदि समाश्रितः।
स यज्ञः परमो धर्मस्तपश्च सदसच्च सः॥ २६॥

'बहुत-से वर्ण और आश्रम उनके आश्रय हैं, उनके अनेक मुख हैं। हृदयमें आश्रित धर्म भी उन्हींका स्वरूप है। वे ही ब्रह्म हैं। वे ही आत्मदर्शनरूप परम धर्म हैं। वे ही तप और सदसत्स्वरूप हैं॥ २६॥

श्रुतिशास्त्रग्रहोपेतः षोडशर्त्विक् क्रतुश्च सः।
पितामहश्च विष्णुश्च सोऽश्विनौ च पुरंदरः।
मित्रोऽथ वरुणश्चैव यमोऽथ धनदस्तथा॥ २७॥

'श्रुति (वेद), शास्त्र और [1]सोमपात्रसहित सोलह ऋत्विजोंवाला यज्ञ भी वे ही हैं। वे ही ब्रह्मा, विष्णु, अश्विनीकुमार, इन्द्र, मित्र, वरुण, यम और कुबेर हैं॥ २७॥

ते पृथग्दर्शनास्तस्य संविदन्ति तथैकताम्।
एकत्वं विद्धि देवस्य सर्वं जगदिदं वशे॥ २८॥

'उनका दर्शन पृथक्-पृथक् होनेपर भी वे अपनी एकताको जानते हैं। तुम भी इस सम्पूर्ण जगत्को एक परमात्मदेवके ही अधीन समझो॥ २८॥

नानाभूतस्य दैत्येन्द्र तस्यैकत्वं वदत्ययम्।
जन्तुः पश्यति विज्ञानात् ततो ब्रह्म प्रकाशते॥ २९॥

'दैत्यराज! अनेक रूपोंमें प्रकट हुए उन परमात्माकी एकताका यह वेद प्रतिपादन करता है। जीव विज्ञानबलसे ही उनका साक्षात्कार करता है। उस समय उसकी बुद्धिमें वह ब्रह्म प्रकाशित हो जाता है॥ २९॥

संहारविक्षेपसहस्रकोटी-
स्तिष्ठन्ति जीवाः प्रचरन्ति चान्ये।
प्रजाविसर्गस्य च पारिमाण्यं
वापीसहस्राणि बहूनि दैत्य॥ ३०॥

'कितने ही जीव करोड़ों कल्पोंतक स्थावररूपसे एक स्थानमें स्थित रहते हैं और कितने ही उनसे अनन्तगुने इधर-उधर विचरते रहते हैं। दैत्यराज! प्रजाकी सृष्टिका परिमाण कई हजार बावड़ियोंके जलके समान है॥

वाप्यः पुनर्योजनविस्तृतास्ताः
क्रोशं च गम्भीरतयावगाढाः।
आयामतः पञ्चशताश्च सर्वाः
प्रत्येकशो योजनतः प्रवृद्धाः॥ ३१॥
वाप्या जलं क्षिप्यति वालकोट्या
त्वह्ना सकृच्चाप्यथ न द्वितीयम्।
तासां क्षये विद्धि परं विसर्गं
संहारमेकं च तथा प्रजानाम्॥ ३२॥

'वे सारी बावड़ियाँ पाँच सौ योजन चौड़ी, पाँच सौ योजन लंबी और एक-एक कोस गहरी हों। गहराई इतनी हो कि कोई उनमें प्रवेश न कर सके। तात्पर्य यह कि प्रत्येक बावड़ी बहुत लंबी-चौड़ी और गहरी हो—उनमेंसे एक बावड़ीके जलको कोई दिन भरमें एक ही बार एक बालकी नोकसे उलीचे, दूसरी बार न उलीचे। इस प्रकार उलीचनेसे उन सारी बावड़ियोंका जल जितने समयमें समाप्त हो जाता है, उतने ही समयमें प्राणियोंकी सृष्टि और संहारके क्रमकी समाप्ति हो सकती है (अर्थात् जैसे उस प्रकारसे उलीचनेपर उन बावड़ियोंका जल सूखना असम्भव है, वैसे ही बिना ज्ञानके संसारका उच्छेद होना असम्भव है।)॥ ३१-३२॥

षड् जीववर्णाः परमं प्रमाणं
कृष्णो धूम्रो नीलमथास्य मध्यम्।
रक्तं पुनः सह्यतरं सुखं तु
हारिद्रवर्णं सुसुखं च शुक्लम्॥ ३३॥

'प्राणियोंके वर्ण[1] छः प्रकारके हैं—कृष्ण, धूम्र, नील, रक्त, हरिद्रा (पीला) और शुक्ल। इनमेंसे कृष्ण, धूम्र

---

१. सोलह ऋत्विजोंके नाम इस प्रकार हैं—१—ब्रह्मा, २—ब्राह्मणाच्छंसी, ३—आग्नीध्र और ४—पोता—ये चार ऋत्विज सम्पूर्ण वेदोंके ज्ञाता होते हैं। ५—होता, ६—मैत्रावरुण, ७—अच्छावाक और ८—ग्रावस्तोता—ये चार ऋत्विज ऋग्वेदी होते हैं। ९—अध्वर्यु, १०—प्रतिप्रस्थाता, ११—नेष्टा और १२—उन्नेता—ये चार यजुर्वेदी होते हैं। १३—उद्गाता, १४—प्रस्तोता, १५—प्रतिहर्ता और १६—सुब्रह्मण्य—ये सामवेदके गायक होते हैं।

१. जब तमोगुणकी अधिकता, सत्त्वगुणकी न्यूनता और रजोगुणकी सम अवस्था हो, तब कृष्णवर्ण होता है। यह स्थावर सृष्टिका रंग माना गया है। तमोगुणकी अधिकता, रजोगुणकी न्यूनता और सत्त्वगुणकी सम अवस्था होनेपर धूम्रवर्ण होता है। यह पशु-पक्षीकी योनिमें जन्म लेनेवाले प्राणियोंका वर्ण माना गया है। रजोगुणकी अधिकता, सत्त्वगुणकी न्यूनता और तमोगुणकी सम अवस्था होनेपर नीलवर्ण होता है। यह मानवसर्गका वर्ण बताया गया है। इसीमें जब सत्त्वगुणकी सम अवस्था और तमोगुणकी न्यूनता हो तो मध्यमवर्ण होता है। उसका रंग लाल होता है। इसे अनुग्रह सर्ग कहते हैं। जब सत्त्वगुणकी अधिकता, रजोगुणकी न्यूनता और तमोगुणकी सम अवस्था हो तो हरिद्राके समान पीतवर्ण होता है। यही देवताओंका वर्ण है, अतः इसे देवसर्ग कहते हैं। इसीमें जब रजोगुणकी सम अवस्था और तमोगुणकी न्यूनता हो तो शुक्लवर्ण होता है। इसीको कौमारसर्ग कहा गया है।

और नील वर्णका सुख मध्यम होता है। रक्तवर्ण विशेष रूपसे सहन करने योग्य होता है। हरिद्राकी-सी कान्ति सुख देनेवाली होती है और शुक्लवर्ण अत्यन्त सुखदायक होता है॥

परं [illegible] शुक्लं विमलं विशोकं
गतक्लमं सिद्ध्यति दानवेन्द्र।
गत्वा [illegible] योनिप्रभवाणि दैत्य
सहस्रशः सिद्धिमुपैति जीवः॥ ३४॥

'दानवराज! शुक्लवर्ण निर्मल, शोकहीन, परिश्रमशून्य होनेके कारण सिद्धिकारक होता है। दितिकुलनन्दन! जीव सहस्रों योनियोंमें जन्म ग्रहण करनेके बाद मनुष्य-योनिमें आकर कभी सिद्धि लाभ करता है॥ ३४॥

गतिं च यां दर्शनमाह देवो
गत्वा शुभं दर्शनमेव चापि।
गतिः पुनर्वर्णकृता प्रजानां
वर्णस्तथा कालकृतोऽसुरेन्द्र॥ ३५॥

'असुरेन्द्र! देवराज इन्द्रने मंगलमय तत्त्वज्ञान प्राप्त करके हमारे निकट जिस गति और दर्शन-शास्त्रका वर्णन किया है, वह प्राणियोंकी वर्णजनित गति है अर्थात् शुक्लवर्णवालोंको वही सिद्धि प्राप्त होती है। वह वर्ण कालकृत माना गया है॥

शतं सहस्राणि चतुर्दशेह
परा गतिर्जीवगणस्य दैत्य।
आरोहणं तत्कृतमेव विद्धि
स्थानं तथा निःसरणं च तेषाम्॥ ३६॥

'दैत्यप्रवर! इस जगत्‌में समस्त जीव-समुदायकी परा गति चौदह लाख बतायी गयी है। (पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच ज्ञानेन्द्रिय तथा मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार—ये चौदह करण हैं। इन्हींके भेदसे चौदह प्रकारकी गति होती है। फिर विषय-भेदसे वृत्तिभेद होनेके कारण चौदह [illegible] प्रकारकी गति होती है।) जीवका जो ऊर्ध्वलोकोंमें गमन होता है, वह भी उन्हीं चौदह करणोंद्वारा सम्पादित होता है। विभिन्न स्थानोंमें जो स्थिरतापूर्वक निवास है, वह और उन स्थानोंसे जो उन जीवोंका अधःपतन होता है, वह भी उन्हींके सम्बन्धसे होता है। इस बातको तुम अच्छी तरह जान लो (अतः इन चौदह करणोंको सात्त्विक मार्गाभिमुखी बनाना चाहिये)॥ ३६॥

[illegible] वर्णस्य गतिर्निकृष्टा
[illegible] सज्जते नरके पच्यमानः।
स्थानं [illegible] दुर्गतिभिस्तु तस्य
प्रजाविसर्गान् सुबहून् वदन्ति॥ ३७॥

'कृष्णवर्णकी गति नीच बतायी गयी है। वह नरक प्रदान करनेवाले निषिद्ध कर्मोंमें आसक्त होता है, इसीलिये नरककी आगमें पकाया जाता है। वह कुमार्गमें प्रवृत्त हुए पूर्वोक्त चौदह करणोंद्वारा पापाचार करनेके कारण अनेक कल्पोंतक नरकमें ही निवास [illegible] है—ऐसा ऋषि-मुनि कहते हैं॥ ३७॥

शतं सहस्राणि ततश्चरित्वा
प्राप्नोति वर्णं हरितं तु पश्चात्।
स चैव तस्मिन् निवसत्यनीशो
युगक्षये तपसा संवृतात्मा॥ ३८॥

'तदनन्तर वह जीव लाखों बार (या लाखों वर्षोंतक) नरकमें विचरण करके फिर धूम्रवर्ण पाता है (पशु-पक्षी आदिकी योनिमें जन्म लेता है)। [illegible] योनिमें भी [illegible] विवश होकर बड़े दुःखसे निवास करता है। फिर युगक्षय होनेपर [illegible] तप (पुरातन पुण्यकर्म या विवेक) के प्रभावसे सुरक्षित होकर उस संकटसे उद्धार पा जाता है॥ ३८॥

[illegible] [illegible] यदा सत्त्वगुणेन युक्त-
स्तमो व्यपोहन् घटते स्वबुद्ध्या।
[illegible] लोहितं वर्णमुपैति नीलान्
मनुष्यलोके परिवर्तते च॥ ३९॥

'वही जीव जब सत्त्वगुणसे युक्त होता है, तब अपनी बुद्धिके द्वारा तमोगुणकी प्रवृत्तिको दूर हटाता हुआ अपने कल्याणके लिये प्रयत्न करता है। उस समय सत्त्वगुणके [illegible] जानेपर [illegible] रक्तवर्णको प्राप्त होता है (इसीको [illegible] सर्ग [illegible] गया है, चित्तकी विभिन्न वृत्तियोंपर अनुग्रह करनेवाले देवविशेषका ही नाम 'अनुग्रह' है)। जब सत्त्वगुणमें [illegible] कमी रह जाती है, तब [illegible] जीव नीलवर्णको प्राप्त होकर मनुष्यलोकमें आवागमन करने लगता है॥ ३९॥

स [illegible] संहारविसर्गमेकं
स्वधर्मजैर्बन्धनैः क्लिश्यमानः।
[illegible] [illegible] हारिद्रमुपैति वर्णं
संहारविक्षेपशते व्यतीते॥ ४०॥

'तत्पश्चात् वह मनुष्यलोकमें एक कल्पतक स्वधर्मजनित बन्धनोंसे बँधकर क्लेश उठाता हुआ जब धीरे-धीरे अपनी तपस्याको बढ़ाता है, तब हल्दीकी-सी कान्तिवाले पीतवर्ण—देवताभावको प्राप्त होता है। वहाँ भी सैकड़ों [illegible] व्यतीत कर लेनेपर वह पुनः पुण्यक्षयके पश्चात् मनुष्य होता है (इस प्रकार वह देवतासे मनुष्य और मनुष्यसे देवता होता रहता है)॥

हारिद्रवर्णस्तु प्रजाविसर्गात्
सहस्रशस्तिष्ठति संचरन् वै।
अविप्रमुक्तो निरये च दैत्य
[illegible] सहस्राणि दशापराणि॥ ४१॥
गतीः सहस्राणि च पञ्च तस्य
चत्वारि संवर्तकृतानि चैव।
विमुक्तमेनं निरयाच्च विद्धि
सर्वेषु चान्येषु च सम्भवेषु॥ ४२॥

'दैत्य! सहस्रों कल्पोंतक देवरूपसे विचरते रहनेपर भी

जीव विषयभोगसे मुक्त नहीं होता तथा प्रत्येक कल्पमें किये हुए अशुभ कर्मोंके फलोंको नरकमें रहकर भोगता हुआ जीव उन्नीस हजार विभिन्न गतियोंको प्राप्त होता है। तत्पश्चात् उसे नरकसे छुटकारा मिलता है। मनुष्यके सिवा अन्य सभी योनियोंमें केवल सुख-दुःखके भोग प्राप्त होते हैं। मोक्षका सुयोग हाथ नहीं लगता है। इस बातको तुम्हें भलीभाँति समझ लेना चाहिये ॥ ४१-४२ ॥

[illegible] देवलोके विहरत्यभीक्ष्णं
ततश्च्युतो मानुषतामुपैति।
संहारविक्षेपशतानि चाष्टौ
मर्त्येषु तिष्ठत्यमृतत्वमेति ॥ ४३ ॥

'वह जीव निरन्तर देवलोकमें विहार करता है और वहाँसे भ्रष्ट होनेपर मनुष्ययोनिको प्राप्त होता है। मर्त्यलोकमें वह आठ सौ कल्पोंतक बारंबार जन्म लेता रहता है। तत्पश्चात् शुभकर्म करके वह पुनः देवभावको प्राप्त [illegible] है ([illegible] आवागमनका चक्र तभीतक चलता है, [illegible] जीवको परमज्ञान या अनन्य भक्तिकी प्राप्ति नहीं हो जाती, उसकी प्राप्ति होनेपर तो वह मुक्त या परमात्माको [illegible] हो जाता है।) ॥ ४३ ॥

सोऽस्मादथ भ्रश्यति कालयोगात्
कृष्णे तले तिष्ठति सर्वकृष्टे।
यथा त्वयं सिद्ध्यति जीवलोक-
स्तत् तेऽभिधास्याम्यसुरप्रवीर ॥ ४४ ॥

'असुरोंके प्रमुख वीर! वह जीव कालक्रमसे अशुभ कर्म करके कभी-कभी मर्त्यलोकसे भी नीचे गिर जाता है और सबसे निकृष्ट, तलप्रदेशकी भाँति निम्नतम, कृष्णवर्ण (स्थावर योनि) में जन्म ग्रहण करके स्थित होता है। इस प्रकार उत्थान-पतनके चक्रमें पड़े हुए इस जीवसमूहको जिस प्रकार सिद्धि (मुक्ति) प्राप्त होती है, वह [illegible] तुम्हें [illegible] रहा हूँ ॥ ४४ ॥

दैवानि स व्यूहशतानि [illegible]
रक्तो हरिद्रोऽथ तथैव शुक्लः।
संश्रित्य संधावति शुक्लमेत-
मष्टावरानर्च्यतमान् स लोकान् ॥ ४५ ॥

'क्रमशः रक्तवर्ण (अनुग्राहक देवता), हरिद्रावर्ण (देवता) तथा शुक्लवर्ण (सनकादिकुमारों-जैसा सिद्ध शरीरधारी) होकर वह जीव बारी-बारीसे सात सौ दिव्य शरीरोंका आश्रय ले भू आदि सात उत्तमोत्तम लोकोंमें विचरण करके पूर्व पुण्यके प्रभावसे वेगपूर्वक विशुद्ध ब्रह्मलोकमें चला जाता है ॥ ४५ ॥

अष्टौ च षष्टिं च शतानि चैव
मनोनिरुद्धानि महाद्युतीनाम्।
शुक्लस्य वर्णस्य परा गतिर्या
त्रीण्येव रुद्धानि महानुभाव ॥ ४६ ॥

'महानुभाव वृत्रासुर! प्रकृति, महत्तत्त्व, [illegible] और पञ्चतन्मात्राएँ—ये आठ, तथा दूसरे साठ तत्त्व और इनसे जो सैकड़ों वृत्तियाँ हैं—ये सब महातेजस्वी योगियोंके मनके द्वारा अवरुद्ध की हुई होती हैं। तथा सत्त्व, रज और तम—इन तीनों गुणोंको भी वे अवरुद्ध कर देते हैं। अतः शुक्लवर्णवाले (सनकादिकोंके समान सिद्ध) पुरुषको जो उत्तम गति प्राप्त होती है, वही उन योगियोंको मिलती है ॥

संहारविक्षेपमनिष्टमेकं
चत्वारि चान्यानि वसत्यनीशः।
[illegible] वर्णस्य परा गतिर्या
सिद्धावसिद्धस्य गतक्लमस्य ॥ ४७ ॥

'जो परमगति छठे (शुक्ल) वर्णके साधकको मिलती है, उसे पानेका अधिकार प्राप्त करके भी जो असिद्ध हो रहा है एवं जिसके समस्त पाप नष्ट हो चुके हैं ऐसा योगी भी यदि योगजनित ऐश्वर्यके सुखभोगकी वासनाका त्याग करनेमें असमर्थ है तो वह न चाहनेपर भी एक कल्पतक अपनी साधनाके [illegible] महर्, जन, [illegible] और सत्य—इन चारों लोकोंमें क्रमशः निवास करता है (और कल्पके अन्तमें [illegible] हो जाता है) ॥ ४७ ॥

सप्तोत्तरं तत्र वसत्यनीशः
संहारविक्षेपशतं सशेषम्।
तस्मादुपावृत्य मनुष्यलोके
ततो महान् मानुषतामुपैति ॥ ४८ ॥

'किंतु जो भलीभाँति योगसाधनमें असमर्थ है, वह योगभ्रष्ट पुरुष सौ कल्पोंतक ऊपरके [illegible] लोकोंमें निवास करता है। फिर बचे हुए कर्मसंस्कारोंके सहित वहाँसे लौटकर मनुष्यलोकमें पहलेसे बढ़कर महत्त्वसम्पन्न हो मनुष्ययोनिको पाता है ॥ ४८ ॥

तस्मादुपावृत्य [illegible] क्रमेण
सोऽग्रेण संतिष्ठति भूतसर्गम्।
[illegible] सप्तकृत्वश्च परैति लोकान्
संहारविक्षेपकृतप्रभावः ॥ ४९ ॥

'तदनन्तर मनुष्ययोनिसे निकलकर वह उत्तरोत्तर श्रेष्ठ देवादि योनियोंकी ओर अग्रसर होता है एवं सातों लोकोंमें प्रभावशाली होकर एक कल्पतक निवास करता है ॥ ४९ ॥

---

१. [illegible] इन्द्रिय, पाँच प्राण और चार अन्तःकरण—ये छब्बीस भोगके साधन हैं, विषय और वृत्तियोंके भेदसे इन्हींके इतने [illegible] सौ और उतने ही हजार प्रकार हो जाते हैं।

१. पाँच ज्ञानेन्द्रिय और पाँच कर्मेन्द्रिय—ये दस [illegible] सात्त्विक, राजसिक और तामसिक तथा [illegible] सुषुप्तिके भेदसे प्रत्येक छः छः प्रकारकी होती हैं। [illegible] इनके साठ भेद हो जाते हैं।

सत्तैव संहारमुपप्लवानि
सम्भाव्य संतिष्ठति जीवलोके।
ततोऽव्ययं स्थानमनन्तमेति
देवस्य विष्णोरथ ब्रह्मणश्च।
शेषस्य चैवाथ नरस्य चैव
देवस्य विष्णोः [illegible] चैव ॥ ५० ॥

'फिर वह योगी भू आदि सात लोकोंको विनाशशील क्षणभङ्गुर समझकर पुनः मनुष्यलोकमें भलीभाँति (शोक-मोहसे रहित होकर) निवास करता है। तदनन्तर शरीरका अन्त होनेपर वह अव्यय (अविनाशी या निर्विकार) [illegible] अनन्त (देश, काल और वस्तुकृत परिच्छेदसे शून्य) स्थान (परब्रह्मपद) को प्राप्त होता है। वह अव्यय [illegible] अनन्त स्थान किसीके मतमें महादेवजीका कैलासधाम है। किसीके मतमें भगवान् विष्णुका वैकुण्ठधाम है। किसीके मतमें ब्रह्माजीका सत्यलोक है। कोई-कोई उसे भगवान् शेष [illegible] अनन्तका धाम बताते हैं। कोई वह जीवका ही परमधाम है—ऐसा कहते [illegible] और कोई-कोई उसे सर्वव्यापी चिन्मय प्रकाशसे युक्त परब्रह्मका स्वरूप बताते हैं ॥ ५० ॥

संहारकाले परिदग्धकाया
ब्रह्माणमायान्ति सदा [illegible] हि।
चेष्टात्मनो देवगणाश्च सर्वे
ये ब्रह्मलोकेऽपराः स्म तेऽपि ॥ ५१ ॥

'ज्ञानाग्निके द्वारा जिनके सूक्ष्म, स्थूल और कारणशरीर दग्ध हो गये हैं, वे प्रजाजन अर्थात् योगीलोग प्रलयकालमें सदा परब्रह्म परमात्माको प्राप्त होते हैं एवं जो ब्रह्मलोकसे नीचेके लोकोंमें रहनेवाले साधनशील दैवी प्रकृतिसे सम्पन्न [illegible] हैं, वे [illegible] परब्रह्मको [illegible] हो जाते हैं ॥ ५१ ॥

प्रजाविसर्गं तु सशेषकाले
स्थानानि स्वान्येव सरन्ति जीवाः।
निःशेषतस्तत्पदं यान्ति चान्ते
सर्वे देवा ये सदृशा मनुष्याः ॥ ५२ ॥

'प्रलयकालमें जो जीव देवभावको [illegible] थे, वे यदि अपने सम्पूर्ण कर्मफलोंका उपभोग समाप्त करनेसे पहले ही लयको [illegible] हो जाते हैं तो कल्पान्तरमें पुनः प्रजाकी सृष्टि होनेपर वे शेष फलका उपभोग करनेके लिये उन्हीं स्थानोंको प्राप्त होते हैं, जो उन्हें पूर्वकल्पमें प्राप्त थे, किंतु जो कल्पान्तमें [illegible] योनिसम्बन्धी कर्मफल-भोगको पूर्ण कर चुके हैं, वे स्वर्गलोकका [illegible] हो जानेपर दूसरे कल्पमें उनके जैसे कर्म हैं, उसीके सदृश अन्य प्राणियोंकी भाँति मनुष्य-योनिको ही प्राप्त होते [illegible] ॥ ५२ ॥

ये तु च्युताः सिद्धलोकात् क्रमेण
तेषां गतिं यान्ति तथाऽऽनुपूर्व्या।
जीवाः परे तद्बलतुल्यरूपाः
स्वं स्वं विधिं यान्ति विपर्ययेण ॥ ५३ ॥

'जो योगी सिद्धलोकसे गिरकर मृत्युलोकमें आये हैं, उनके [illegible] साधनबलसे सम्पन्न जो अन्य योगी हैं, वे भी एक लोकसे दूसरे लोकमें ऊपर उठते हुए [illegible] उन सिद्ध पुरुषोंकी ही गतिको [illegible] होते हैं। परंतु जो वैसे नहीं हैं, वे विपरीतभावके कारण अपनी-अपनी गतिको प्राप्त होते हैं ॥ ५३ ॥

स यावदेवास्ति सशेषभुक् ते
[illegible] देव्यौ च तथैव शुक्रे।
तावत् तदङ्गेषु विशुद्धभावः
संयम्य पञ्चेन्द्रियरूपमेतत् ॥ ५४ ॥

'विशुद्धभावसे सम्पन्न सिद्ध पुरुष [illegible] पञ्चेन्द्रिय-[illegible] इस करणसमुदायका संयम करके शेष प्रारब्ध कर्मका उपभोग करता है, तबतक उसके शरीरमें समस्त प्रजागणोंका अर्थात् इन्द्रियोंके देवताओंका तथा अपरा और परा विद्याका निवास रहता है ॥ ५४ ॥

शुद्धां गतिं तां परमां परैति
शुद्धेन नित्यं मनसा विचिन्वन्।
ततोऽव्ययं स्थानमुपैति ब्रह्म
दुष्प्रापमभ्येति स शाश्वतं वै ॥ ५५ ॥

'जो साधक सदा शुद्ध मनसे उस विशुद्ध परमगतिका अनुसंधान करता है, वह उसे अवश्य प्राप्त कर लेता है। तदनन्तर अविकारी, दुर्लभ एवं सनातन ब्रह्मपदको प्राप्त करके वह उसीमें प्रतिष्ठित हो जाता है ॥ ५५ ॥

इत्येतदाख्यातमहीनसत्त्व
नारायणस्येह बलं मया ते ॥ ५६ ॥

'उत्कृष्ट बलशाली दैत्यराज! इस प्रकार यहाँ मैंने तुमसे यह भगवान् नारायणका बल एवं प्रभाव बताया है' ॥

वृत्र उवाच

एवं गते मे न विषादोऽस्ति कश्चित्
सम्यक् च पश्यामि वचस्तथैतत्।
श्रुत्वा तु ते वाचमदीनसत्त्व
विकल्मषोऽस्म्यद्य तथा विपाप्मा ॥ ५७ ॥

वृत्रासुर बोला—उदारचित्त महात्मा सनत्कुमारजी! यदि ऐसी बात है तो मुझे कोई विषाद नहीं है। मैं आपके वचनको अच्छी तरह समझता और इसे यथार्थ मानता हूँ। आज मैं यह अनुभव कर रहा हूँ कि आपकी इस वाणीको सुनकर मेरे सारे पाप और कलुष दूर हो गये ॥ ५७ ॥

प्रवृत्तमेतद् भगवन् महर्षे
महाद्युतेश्चक्रमनन्तवीर्यम्।
विष्णोरनन्तस्य सनातनं तत्
[illegible] सर्गा [illegible] सर्वे प्रवृत्ताः।

▪ वै महात्मा पुरुषोत्तमो वै
तस्मिन् जगत् सर्वमिदं प्रतिष्ठितम्॥५८॥

भगवन् ! महर्षे ! महातेजस्वी, अनन्त एवं सर्वव्यापी भगवान् विष्णुका यह अमित शक्तिशाली संसारचक्र चल रहा है । यह भगवान् विष्णुका वह सनातन स्थान है, जहाँसे सारी सृष्टियोंका आरम्भ होता है । महात्मा विष्णु पुरुषोत्तम हैं । उन्हींमें यह सम्पूर्ण जगत् प्रतिष्ठित है ॥५८॥

भीष्म उवाच

एवमुक्त्वा स कौन्तेय वृत्रः प्राणानवासृजत् ।
योजयित्वा तथाऽऽत्मानं परं स्थानमवाप्तवान् ॥ ५९ ॥

भीष्मजी कहते हैं—कुन्तीनन्दन ! ऐसा कहकर वृत्रासुरने अपने आत्माको परमात्मामें लगाकर उन्हींका ध्यान करते हुए प्राण त्याग दिये और परमेश्वरके परमधामको प्राप्त कर लिया ॥ ५९ ॥

युधिष्ठिर उवाच

अयं ▪ भगवान् देवः पितामह जनार्दनः ।
सनत्कुमारो वृत्राय यत्तदाख्यातवान् पुरा ॥ ६० ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! पूर्वकालमें महात्मा सनत्कुमारने वृत्रासुरसे जिनके स्वरूपका वर्णन किया था, वे भगवान् विष्णु—ये हमारे जनार्दन श्रीकृष्ण ही तो हैं ? ॥

भीष्म उवाच

मूलस्थायी महादेवो भगवान् स्वेन तेजसा ।
तत्स्थः सृजति तान् भावान् नानारूपान् महामनाः ।६१।

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! मूल-कारणरूपसे स्थित, महान् देव, महामनस्वी भगवान् नारायण हैं । वे अपने उस चिन्मय स्वरूपमें स्थित होकर अपने प्रभावसे नाना प्रकारके सम्पूर्ण पदार्थोंकी सृष्टि करते हैं ॥ ६१ ॥

तुरीयांशेन तस्येमं विद्धि केशवमच्युतम् ।
तुरीयार्धेन लोकांस्त्रीन् भावयत्येष बुद्धिमान् ॥ ६२ ॥

अपनी महिमासे कभी च्युत न होनेवाले इन भगवान् श्रीकृष्णको तुम उस श्रीनारायणके एक चतुर्थ अंशसे सम्पन्न समझो । बुद्धिमान् श्रीकृष्ण अपने उस चतुर्थ अंशसे ही तीनों लोकोंकी रचना करते हैं ॥ ६२ ॥

अर्वाक् स्थितस्तु यः स्थायी कल्पान्ते परिवर्तते ।
स शेते भगवानप्सु योऽसावतिबलः प्रभुः ।
तान् विधाता प्रसन्नात्मा लोकांश्चरति शाश्वतान्।६३।

जो परवर्ती सनातन नारायण प्रलयकालमें भी विद्यमान हैं, वे ही अत्यन्त बलशाली और सबके अधीश्वर भगवान् श्रीहरि कल्पान्तमें जलके भीतर शयन करते हैं तथा वे प्रसन्नात्मा सृष्टिकर्ता ईश्वर उन समस्त शाश्वत लोकोंमें विचरण करते हैं ▪

सर्वाण्यशून्यानि करोत्यनन्तः
सनातनः संचरते च लोकान् ।
स चानिरुद्धः सृजते महात्मा
तत्स्थं जगत् सर्वमिदं विचित्रम्॥ ६४ ॥

अनन्त एवं सनातन भगवान् श्रीहरि समस्त [illegible] और स्फूर्ति देकर परिपूर्ण करते और लीलापूर्वक [illegible] लोकोंमें विचरण करते हैं । उन महापुरुषकी गतिको कोई रोक नहीं सकता । वे ही इस जगत्की सृष्टि करते हैं । उन्हींमें यह सम्पूर्ण विचित्र विश्व प्रतिष्ठित है ॥ ६४ ॥

युधिष्ठिर उवाच

वृत्रेण परमार्थज्ञ दृष्टा मन्येऽऽत्मनो गतिः ।
शुभा तस्मात् स सुखितो न शोचति पितामह ॥ ६५ ॥

युधिष्ठिरने कहा—परमार्थतत्त्वके ज्ञाता पितामह ! मैं समझता हूँ कि वृत्रासुरने आत्माके शुभ एवं यथार्थ स्वरूपका साक्षात्कार कर लिया था; इसीलिये वह सुखी था, शोक नहीं करता था ॥ ६५ ॥

शुक्लः शुक्लाभिजातीयः साध्यो नावर्ततेऽनघ ।
तिर्यग्गतेश्च निर्मुक्तो निरयाच्च पितामह ॥ ६६ ॥

निष्पाप पितामह ! वह शुद्ध कुलमें उत्पन्न हुआ था और स्वभावसे भी शुद्ध था । जान पड़ता है वह साध्य नामक देवता ही था; इसीलिये पुनः संसारमें नहीं लौटा । वह पशु पक्षियोंकी योनि तथा नरकसे छुटकारा पा गया ॥ ६६ ॥

हारिद्रवर्णे रक्ते वा वर्तमानस्तु पार्थिव ।
तिर्यगेवानुपश्येत कर्मभिस्तामसैर्वृतः ॥ ६७ ॥

पृथ्वीनाथ ! पीतवर्णवाले देवसर्गमें तथा रक्तवर्णवाले अनुग्रहसर्गमें विद्यमान प्राणी कभी तामस कर्मोंसे आवृत होकर तिर्यग्योनिका भी दर्शन कर सकता है ॥ ६७ ॥

वयं ▪ भृशमापन्ना रक्ता दुःखसुखेऽसुखे ।
कां गतिं प्रतिपत्स्यामो नीलां कृष्णाधमामथ ॥ ६८ ॥

हमलोग तो और भी अधिक आसक्तिसे घिरे हुए हैं । दुःख-सुखसे मिश्रित भावमें अथवा केवल दुःखमय भावमें आसक्त हैं । ऐसी दशामें पता नहीं हमें किस गतिकी प्राप्ति होगी । हम नीलवर्णवाली मानव-योनिमें पड़ेंगे या कृष्णवर्णवाली स्थावर योनिसे भी हीनदशाको जा पहुँचेंगे ॥ ६८ ॥

भीष्म उवाच

शुद्धाभिजनसम्पन्नाः पाण्डवाः संशितव्रताः ।
विहृत्य देवलोकेषु पुनर्मानुष्यमेष्यथ ॥ ६९ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! तुम सभी पाण्डव विशुद्ध कुलसे सम्पन्न और तीक्ष्ण व्रतोंका भलीभाँति पालन करनेवाले हो; अतः देवताओंके लोकोंमें विहार करके पुनः मनुष्य शरीरको ही प्राप्त करोगे ॥ ६९ ॥

प्रजाविसर्गं च सुखेन काले
प्रत्येत्य देवेषु सुखानि भुक्त्वा ।
सुखेन संयास्यथ सिद्धसंख्यां
मा वो भयं भूद् विमलाः स्थ सर्वे॥ ७० ॥

तुम सब लोग यथासमय सुखसे देवलोकमें [illegible]

देवलोकोंमें [illegible] सुख भोगोगे। तत्पश्चात् सुखपूर्वक सिद्धि प्राप्त करके सिद्धोंमें गिने जाओगे। तुम्हारे मनमें दुर्गतिका [illegible] नहीं होना चाहिये; क्योंकि तुम सब लोग निर्मल एवं निष्पाप हो॥ ७०॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वृत्रगीतासु अशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २८०॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वृत्रगीताविषयक दो सौ अस्सीवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २८०॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका ½ श्लोक मिलाकर कुल ७०½ श्लोक हैं)

एकाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

इन्द्र और वृत्रासुरके युद्धका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

अहो धर्मिष्ठता तात वृत्रस्यामिततेजसः।
यस्य विज्ञानमतुलं विष्णोर्भक्तिश्च तादृशी॥ १॥

युधिष्ठिरने पूछा—दादाजी! अमित तेजस्वी वृत्रासुरकी धर्मनिष्ठा अद्भुत थी। उसका विज्ञान भी अनुपम [illegible] और भगवान् विष्णुके प्रति उसकी भक्ति भी वैसी ही उच्चकोटिकी थी॥ १॥

दुर्विज्ञेयं पदं [illegible] विष्णोरमिततेजसः।
कथं वा राजशार्दूल पदं [illegible] ज्ञातवानसौ॥ २॥

[illegible]! अनन्त तेजस्वी श्रीविष्णुके स्वरूपका ज्ञान तो अत्यन्त कठिन है। नृपश्रेष्ठ! उस वृत्रासुरने उस परमपदका ज्ञान कैसे प्राप्त कर लिया? यह बड़े आश्चर्यकी बात है॥ २॥

भवता कथितं ह्येतच्छ्रद्दधे चाहमच्युत।
भूयस्तु मे समुत्पन्ना बुद्धिरव्यक्तदर्शनात्॥ ३॥

आपने इस घटनाका वर्णन किया है; इसलिये [illegible] इसे सत्य मानता और इसपर विश्वास करता हूँ; क्योंकि आप कभी सत्यसे विचलित नहीं होते हैं तथापि यह बात स्पष्टरूपसे मेरी समझमें नहीं आयी है; अतः पुनः मेरी बुद्धिमें प्रश्न उत्पन्न हो गया॥ ३॥

कथं विनिहतो वृत्रः शक्रेण पुरुषर्षभ।
धार्मिको विष्णुभक्तश्च [illegible] पदान्वये॥ ४॥

पुरुषप्रवर! वृत्रासुर धर्मात्मा, भगवान् विष्णुका भक्त और वेदान्तके पदोंका अन्वय करके उनके तात्पर्यको ठीक-ठीक समझनेमें कुशल था तो भी इन्द्रने उसे कैसे मार डाला?॥

एतन्मे संशयं ब्रूहि पृच्छते भरतर्षभ।
वृत्रस्तु राजशार्दूल यथा शक्रेण निर्जितः॥ ५॥

भरतभूषण! नृपश्रेष्ठ! मैं यह [illegible] आपसे पूछता हूँ, आप मेरे इस संशयका समाधान कीजिये। इन्द्रने वृत्रासुरको कैसे परास्त किया?॥ ५॥

यथा चैवाभवद् युद्धं तच्चाचक्ष्व पितामह।
विस्तरेण महाबाहो परं कौतूहलं हि मे॥ ६॥

महाबाहु पितामह! इन्द्र और वृत्रासुरमें किस प्रकार [illegible] हुआ था, [illegible] विस्तारपूर्वक बताइये; इसे सुननेके लिये मेरे मनमें बड़ी उत्सुकता हो रही है॥ ६॥

भीष्म उवाच

रथेनेन्द्रः प्रयातो वै सार्धं देवगणैः पुरा।
ददर्शाथाग्रतो वृत्रं धिष्ठितं पर्वतोपमम्॥ [illegible]॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! प्राचीन कालकी बात है, इन्द्र रथपर आरूढ़ हो देवताओंको साथ ले वृत्रासुरसे युद्ध करनेके लिये चले। उन्होंने अपने सामने खड़े हुए पर्वतके समान विशालकाय वृत्रको देखा॥ [illegible]॥

योजनानां शतान्यूर्ध्वं पञ्चोच्छ्रितमरिंदम।
शतानि विस्तरेणाथ त्रीण्येवाभ्यधिकानि च॥ ८॥

शत्रुदमन नरेश! वह पाँच सौ योजन ऊँचा था और [illegible] अधिक तीन सौ योजन उसकी मोटाई थी॥ ८॥

तत् प्रेक्ष्य तादृशं रूपं त्रैलोक्येनापि दुर्जयम्।
[illegible] देवाः संत्रस्ता [illegible] शान्तिमुपलेभिरे॥ ९॥

वृत्रासुरका वह वैसा रूप, जो तीनों लोकोंके लिये भी दुर्जय था, देखकर देवतालोग डर गये। उन्हें शान्ति नहीं मिलती थी॥ ९॥

शक्रस्य [illegible] तदा राजन्नूरुस्तम्भो व्यजायत।
भयाद् वृत्रस्य सहसा दृष्ट्वा तद् रूपमुत्तमम्॥ १०॥

राजन्! उस समय वृत्रासुरका वह उत्तम एवं विशाल [illegible] देखकर सहसा भयके मारे इन्द्रकी दोनों जाँघें अकड़ गयीं॥

ततो नादः समभवद् वादित्राणां च निःस्वनः।
देवासुराणां सर्वेषां तस्मिन् युद्धे ह्युपस्थिते॥ ११॥

तदनन्तर वह युद्ध उपस्थित होनेपर समस्त देवताओं और असुरोंके दलोंमें रणवाद्योंका भीषण नाद होने लगा॥

[illegible] वृत्रस्य कौरव्य दृष्ट्वा शक्रमवस्थितम्।
[illegible] सम्भ्रमो न भीः काचिदास्था वा समजायत॥ १२॥

कुरुनन्दन! इन्द्रको खड़ा देखकर भी वृत्रासुरके मनमें [illegible] घबराहट हुई, न कोई भय हुआ और न इन्द्रके प्रति उसकी कोई युद्धविषयक चेष्टा ही हुई॥ १२॥

ततः समभवद् युद्धं त्रैलोक्यस्य भयंकरम्।
शक्रस्य च सुरेन्द्रस्य वृत्रस्य च महात्मनः॥ १३॥

फिर तो देवराज इन्द्र और महामनस्वी वृत्रासुरमें भारी युद्ध छिड़ गया, जो तीनों लोकोंके मनमें भय उत्पन्न करनेवाला था॥ १३॥

असिभिः पट्टिशैः शूलैः शक्तितोमरमुद्गरैः।
शिलाभिर्विविधाभिश्च कार्मुकैश्च महास्वनैः ॥ १४ ॥
शस्त्रैश्च विविधैर्दिव्यैः पावकोल्काभिरेव च।
देवासुरैस्ततः सैन्यैः सर्वमासीत् समाकुलम् ॥ १५ ॥

उस समय तलवार, पट्टिश, त्रिशूल, शक्ति, तोमर, मुद्गर, नाना प्रकारकी शिला, भयानक टङ्कार करनेवाले धनुष, अनेक प्रकारके दिव्य अस्त्र-शस्त्र तथा आगकी ज्वालाओंसे एवं देवताओं और असुरोंकी सेनाओंसे यह सारा आकाश व्याप्त हो गया ॥

पितामहपुरोगाश्च सर्वे देवगणास्तथा।
ऋषयश्च महाभागास्तद् युद्धं द्रष्टुमागमन् ॥ १६ ॥
विमानाग्र्यैर्महाराज सिद्धाश्च भरतर्षभ।
गन्धर्वाश्च विमानाग्र्यैरप्सरोभिः समागमन् ॥ १७ ॥

भरतभूषण महाराज ! ब्रह्मा आदि समस्त देवता, महाभाग ऋषि, सिद्धगण तथा अप्सराओंसहित गन्धर्व—ये सबके सब श्रेष्ठ विमानोंपर आरूढ़ हो उस अद्भुत युद्धका दृश्य देखनेके लिये वहाँ आ गये थे ॥ १६-१७ ॥

ततोऽन्तरिक्षमावृत्य वृत्रो धर्मभृतां वरः।
अश्मवर्षेण देवेन्द्रं समाकिरदतिद्रुतम् ॥ १८ ॥

तब धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ वृत्रासुरने आकाशको घेरकर बड़ी उतावलीके साथ देवराज इन्द्रपर पत्थरोंकी वर्षा आरम्भ कर दी ॥ १८ ॥

ततो देवगणाः क्रुद्धाः सर्वतः शरवृष्टिभिः।
अश्मवर्षमपोहन्त वृत्रप्रेरितमाहवे ॥ १९ ॥

यह देख देवगण कुपित हो उठे। उन्होंने युद्धमें सब ओरसे बाणोंकी वर्षा करके वृत्रासुरके चलाये हुए पत्थरोंकी वर्षाको नष्ट कर दिया ॥ १९ ॥

वृत्रस्तु कुरुशार्दूल महामायो महाबलः।
मोहयामास देवेन्द्रं मायायुद्धेन सर्वशः ॥ २० ॥

कुरुश्रेष्ठ ! महामायावी महाबली वृत्रासुरने सब ओरसे मायामय युद्ध छेड़कर देवराज इन्द्रको मोहमें डाल दिया ॥ २० ॥

तस्य वृत्रार्दितस्याथ मोह आसीच्छतक्रतोः।
रथन्तरेण तं तत्र वसिष्ठः समबोधयत् ॥ २१ ॥

वृत्रासुरसे पीड़ित हुए इन्द्रपर मोह छा गया। तब वसिष्ठजीने रथन्तर सामद्वारा वहाँ इन्द्रको सचेत किया ॥ २१ ॥

वसिष्ठ उवाच

देवश्रेष्ठोऽसि देवेन्द्र दैत्यासुरनिबर्हण।
त्रैलोक्यबलसंयुक्तः कस्माच्छक्र विषीदसि ॥ २२ ॥

वसिष्ठजीने कहा—देवेन्द्र ! तुम सब देवताओंमें श्रेष्ठ हो। दैत्यों तथा असुरोंका संहार करनेवाले शक्र ! तुम तो त्रिलोकीके बलसे सम्पन्न हो; फिर इस प्रकार विषादमें क्यों पड़े हो ? ॥ २२ ॥

एष ब्रह्मा च विष्णुश्च शिवश्चैव जगत्पतिः।
सोमश्च भगवान् देवः सर्वे च परमर्षयः ॥ २३ ॥
(समुद्विग्नं समीक्ष्य त्वां स्वस्त्याहुर्जयाय ते।)

ये जगदीश्वर ब्रह्मा, विष्णु और शिव तथा भगवान् सोमदेव और समस्त महर्षि तुम्हें उद्विग्न देखकर तुम्हारी विजयके लिये स्वस्तिवाचन कर रहे हैं ॥ २३ ॥

मा कार्षीः कश्मलं शक्र कश्चिदेवेतरो यथा।
आर्यां युद्धे मतिं कृत्वा जहि शत्रून् सुराधिप ॥ २४ ॥

इन्द्र ! किसी साधारण मनुष्यके समान तुम कायरता न प्रकट करो। सुरेश्वर ! युद्धके लिये श्रेष्ठ बुद्धिका सहारा लेकर अपने शत्रुओंका संहार करो ॥ २४ ॥

एष लोकगुरुस्त्र्यक्षः सर्वलोकनमस्कृतः।
निरीक्षते त्वां भगवांस्त्यज मोहं सुराधिप ॥ २५ ॥

देवराज ! ये सर्वलोकवन्दित लोकगुरु भगवान् त्रिलोचन शिव तुम्हारी ओर कृपापूर्ण दृष्टिसे देख रहे हैं। तुम मोहको त्याग दो ॥ २५ ॥

एते ब्रह्मर्षयश्चैव बृहस्पतिपुरोगमाः।
स्तवेन शक्र दिव्येन स्तुवन्ति त्वां जयाय वै ॥ २६ ॥

शक्र ! ये बृहस्पति आदि ब्रह्मर्षि तुम्हारी विजयके लिये दिव्य स्तोत्रद्वारा स्तुति कर रहे हैं ॥ २६ ॥

भीष्म उवाच

एवं सम्बोध्यमानस्य वसिष्ठेन महात्मना।
अतीव वासवस्यासीद् बलमुत्तमतेजसः ॥ २७ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! महात्मा वसिष्ठके द्वारा इस प्रकार सचेत किये जानेपर महातेजस्वी इन्द्रका बल बहुत बढ़ गया ॥

ततो बुद्धिमुपागम्य भगवान् पाकशासनः।
योगेन महता युक्तस्तां मायां व्यपकर्षत ॥ २८ ॥

तब भगवान् पाकशासनने उत्तम बुद्धिका आश्रय ले महान् योगसे युक्त हो उस मायाको नष्ट कर दिया ॥ २८ ॥

ततोऽङ्गिरःसुतः श्रीमांस्ते चैव सुमहर्षयः।
दृष्ट्वा वृत्रस्य विक्रान्तमुपागम्य महेश्वरम् ॥ २९ ॥
ऊचुर्वृत्रविनाशार्थं लोकानां हितकाम्यया।

तदनन्तर अङ्गिराके पुत्र श्रीमान् बृहस्पति तथा बड़े-बड़े महर्षियोंने जब वृत्रासुरका पराक्रम देखा, तब महादेवजीके पास आकर लोकहितकी कामनासे वृत्रासुरके विनाशके लिये उनसे निवेदन किया ॥ २९½ ॥

ततो भगवतस्तेजो ज्वरो भूत्वा जगत्पतेः ॥ ३० ॥
समाविशत् तदा रौद्रो वृत्रं लोकपतिं तदा।

तब जगदीश्वर भगवान् शिवका तेज रौद्र ज्वर होकर लोकेश्वर वृत्रके शरीरमें समा गया ॥ ३०½ ॥

विष्णुश्च भगवान् देवः सर्वलोकाभिपूजितः ॥ ३१ ॥
ऐन्द्रं समाविशद् वज्रं लोकसंरक्षणे रतः।

फिर लोकरक्षापरायण सर्वलोकपूजित देवेश्वर भगवान् विष्णुने भी इन्द्रके वज्रमें प्रवेश किया ॥ ३१½ ॥

ततो बृहस्पतिर्धीमानुपागम्य शतक्रतुम्।

वसिष्ठश्च महातेजाः सर्वे च परमर्षयः ॥ ३२ ॥
ते समासाद्य वरदं वासवं लोकपूजितम् ।
ऊचुरेकाग्रमनसो जहि वृत्रमिति प्रभो ॥ ३३ ॥

तत्पश्चात् बुद्धिमान् बृहस्पति, महातेजस्वी वसिष्ठ तथा सम्पूर्ण महर्षि वरदायक, लोकपूजित शतक्रतु इन्द्रके पास जाकर एकाग्रचित्त हो इस प्रकार बोले—'प्रभो ! वृत्रासुरका वध करो' ॥ ३२-३३ ॥

महेश्वर उवाच

एष वृत्रो महाञ्शक्र बलेन महता वृतः ।
विश्वात्मा सर्वगश्चैव बहुमायश्च विश्रुतः ॥ ३४ ॥

महेश्वर बोले—इन्द्र ! यह महान् वृत्रासुर बड़ी भारी सेना-से घिरा हुआ तुम्हारे सामने खड़ा है । ज्ञाननिष्ठ होनेके कारण यह सम्पूर्ण विश्वका आत्मा है । इसमें सर्वत्र गमन करनेकी शक्ति है । यह अनेक प्रकारकी मायाओंका सुविख्यात ज्ञाता भी है ॥ ३४ ॥

तदेनमसुरश्रेष्ठं त्रैलोक्येनापि दुर्जयम् ।
जहि त्वं योगमास्थाय मावमंस्थाः सुरेश्वर ॥ ३५ ॥

सुरेश्वर ! यह श्रेष्ठ असुर तीनों लोकोंके लिये भी दुर्जय है । तुम योगका आश्रय लेकर इसका वध करो । इसकी अवहेलना न करो ॥ ३५ ॥

अनेन हि तपस्तप्तं बलार्थममराधिप ।
षष्टिं वर्षसहस्राणि ब्रह्मा चास्मै वरं ददौ ॥ ३६ ॥

अमरेश्वर ! इस वृत्रासुरने बलकी प्राप्तिके लिये ही साठ हजार वर्षोंतक तप किया था और तब ब्रह्माजीने इसे मनो-वाञ्छित वर दिया था ॥ ३६ ॥

महत्त्वं योगिनां चैव महामायत्वमेव च ।
महाबलत्वं च तथा तेजश्चाग्र्यं सुरेश्वर ॥ ३७ ॥

सुरेन्द्र ! उन्होंने इसे योगियोंकी महिमा, महामायावी-पन, महान् बल-पराक्रम तथा सर्वश्रेष्ठ तेज प्रदान किया है ॥

एतत् त्वां मामकं तेजः समाविशति वासव ।
व्यग्रमेनं त्वमप्येनं वज्रेण जहि दानवम् ॥ ३८ ॥

वासव ! लो, यह मेरा तेज तुम्हारे शरीरमें प्रवेश करता है । इस समय दानव वृत्र ज्वरके कारण बहुत व्यग्र हो रहा है; इसी अवस्थामें तुम वज्रसे इसे मार डालो ॥ ३८ ॥

शक्र उवाच

भगवंस्त्वत्प्रसादेन दितिजं सुदुरासदम् ।
वज्रेण निहनिष्यामि पश्यतस्ते सुरर्षभ ॥ ३९ ॥

इन्द्रने कहा—भगवन् ! सुरश्रेष्ठ ! आपकी कृपासे इस दुर्धर्ष दैत्यको मैं आपके देखते-देखते वज्रसे मार डालूँगा ॥

भीष्म उवाच

आविश्यमाने दैत्ये तु ज्वरेणाथ महासुरे ।
देवतानामृषीणां च हर्षान्नादो महानभूत् ॥ ४० ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! जब महादैत्य वृत्रासुरके शरीरमें ज्वरने प्रवेश किया, तब देवता और ऋषियोंका महान् हर्षनाद वहाँ गूँज उठा ॥ ४० ॥

ततो दुन्दुभयश्चैव शङ्खाश्च सुमहास्वनाः ।
मुरजा डिण्डिमाश्चैव प्रावाद्यन्त सहस्रशः ॥ ४१ ॥

फिर तो दुन्दुभियाँ, जोर-जोरसे बजनेवाले शङ्ख, ढोल और नगाड़े आदि सहस्रों बाजे बजाये जाने लगे ॥ ४१ ॥

असुराणां तु सर्वेषां स्मृतिलोपो महानभूत् ।
मायानाशश्च बलवान् क्षणेन समपद्यत ॥ ४२ ॥

समस्त असुरोंकी स्मरण शक्तिका बड़ा भारी लोप हो गया । क्षणभरमें उनकी सारी मायाओंका पूर्णरूपसे विनाश हो गया ॥ ४२ ॥

तथाविष्टमथो ज्ञात्वा ऋषयो देवतास्तथा ।
स्तुवन्तः शक्रमीशानं तथा प्राचोदयन्नपि ॥ ४३ ॥

इस प्रकार वृत्रासुरमें महादेवजीके ज्वरका आवेश हुआ जान देवता और ऋषि देवेश्वर इन्द्रकी स्तुति करते हुए उन्हें वृत्रवधके लिये प्रेरणा देने लगे ॥ ४३ ॥

रथस्थस्य हि शक्रस्य युद्धकाले महात्मनः ।
ऋषिभिः स्तूयमानस्य रूपमासीत् सुदुर्दृशम् ॥ ४४ ॥

युद्धके समय रथपर बैठकर ऋषियोंके द्वारा अपनी स्तुति सुनते हुए महामना इन्द्रका रूप ऐसा तेजस्वी प्रतीत होता था कि उसकी ओर देखना भी अत्यन्त कठिन जान पड़ता था ॥ ४४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वृत्रवधे एकाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वृत्रासुरका वधविषयक दो सौ इक्यासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८१ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका ½ श्लोक मिलाकर कुल ४४½ श्लोक हैं)

द्व्यशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

वृत्रासुरका वध और उससे प्रकट हुई ब्रह्महत्याका ब्रह्माजीके द्वारा चार स्थानोंमें विभाजन

भीष्म उवाच

वृत्रस्य तु महाराज ज्वराविष्टस्य सर्वशः ।
अभवन् यानि लिङ्गानि शरीरे तानि मे शृणु ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—महाराज ! ज्वरसे आविष्ट हुए वृत्रासुरके शरीरमें जो लक्षण प्रकट हुए थे, उन्हें मुझसे सुनो ॥

ज्वलितास्योऽभवद् घोरो वैवर्ण्यं चागमत् परम् ।
गात्रकम्पश्च सुमहाञ्छ्वासश्चाप्यभवन्महान् ॥ २ ॥

उसके मुखमें विशेष जलन होने लगी । उसकी आकृति बड़ी भयानक हो गयी । अङ्गकान्ति बहुत फीकी पड़ गयी । शरीर जोर-जोरसे काँपने लगा तथा बड़े वेगसे साँस चलने लगी ॥

रोमहर्षश्च तीव्रोऽभून्निःश्वासश्च महान् नृप ।
शिवा चाशिवसंकाशा तस्य वक्त्रात् सुदारुणा ॥ ३ ॥

निष्पपात महाघोरा स्मृतिः सा तस्य भारत।

नरेश्वर ! उसके सारे शरीरमें तीव्र रोमाञ्च हो आया। वह लंबी साँस खींचने लगा। भरतनन्दन ! वृत्रासुरके मुखसे अत्यन्त भयंकर अकल्याणस्वरूपा महाघोर गीदड़ीके रूपमें उसकी स्मरणशक्ति ही बाहर निकल पड़ी ॥ ३½ ॥

उल्काश्च ज्वलितास्तस्य दीप्ताः पार्श्वे प्रपेदिरे ॥ ४ ॥
गृध्राः कङ्का बलाकाश्च वाचोऽमुञ्चन् सुदारुणाः।
वृत्रस्योपरि संहृष्टाश्चक्रवत् परिबभ्रमुः ॥ ५ ॥

उसके पार्श्वभागमें प्रज्वलित एवं प्रकाशित उल्काएँ गिरने लगीं। गीध, कंक, बगले आदि भयंकर पक्षी अपनी बोली सुनाने लगे और एक दूसरेसे सटकर वृत्रासुरके ऊपर चक्रकी भाँति घूमने लगे ॥ ४-५ ॥

ततस्तं रथमास्थाय देवाप्यायित आहवे।
वज्रोद्यतकरः शक्रस्तं दैत्यं समवैक्षत ॥ ६ ॥

तदनन्तर महादेवजीके तेजसे परिपुष्ट हो वज्र हाथमें लिये हुए इन्द्रने रथपर बैठकर युद्धमें उस दैत्यकी ओर देखा ॥

अमानुषमथो नादं [illegible] मुमोच महासुरः।
व्यजृम्भच्चैव राजेन्द्र तीव्रज्वरसमन्वितः ॥ [illegible] ॥

राजेन्द्र ! इसी समय तीव्र ज्वरसे पीड़ित हो उस महान् असुरने अमानुषी गर्जना की और बारंबार जँभाई ली ॥ ७ ॥

अथास्य जृम्भतः शक्रस्ततो वज्रमवासृजत्।
स वज्रः सुमहातेजाः कालाग्निसदृशोपमः ॥ ८ ॥

जँभाई लेते समय ही इन्द्रने उसके ऊपर वज्रका प्रहार किया। वह महातेजस्वी वज्र कालाग्निके समान जान पड़ता [illegible] ॥

क्षिप्रमेव महाकायं वृत्रं दैत्यमपातयत्।
ततो नादः समभवत् पुनरेव समन्ततः ॥ ९ ॥
वृत्रं विनिहतं दृष्ट्वा देवानां भरतर्षभः।

उसने उस महाकाय दैत्य वृत्रासुरको तुरत ही धराशायी कर दिया*। भरतश्रेष्ठ ! फिर तो वृत्रासुरको मारा गया देख चारों ओरसे देवताओंका सिंहनाद वहाँ बारंबार गूँजने लगा ॥

वृत्रं तु हत्वा मघवा दानवारिर्महायशाः ॥ १० ॥
वज्रेण विष्णुयुक्तेन दिवमेव समाविशत्।

दानवशत्रु महायशस्वी इन्द्रने विष्णुके तेजसे व्याप्त हुए वज्रके द्वारा वृत्रासुरका वध करके पुनः स्वर्गलोकमें ही प्रवेश किया ॥ १०½ ॥

[illegible] वृत्रस्य कौरव्य शरीरादभिनिःसृता ॥ ११ ॥
ब्रह्मवध्या महाघोरा रौद्रा लोकभयावहा।
करालदशना भीमा विकृता कृष्णपिङ्गला ॥ १२ ॥

कुरुनन्दन ! तदनन्तर वृत्रासुरके मृत शरीरसे सम्पूर्ण जगत्को भय देनेवाली महाघोर एवं क्रूर स्वभाववाली ब्रह्महत्या प्रकट हुई। उसके दाँत बड़े विकराल थे। उसकी आकृति कृष्ण और पिङ्गल वर्णकी थी। वह देखनेमें बड़ी भयानक और विकृत रूपवाली थी ॥ ११-१२ ॥

प्रकीर्णमूर्धजा चैव घोरनेत्रा च भारत।
कपालमालिनी चैव कृत्येव भरतर्षभ ॥ १३ ॥

भरतनन्दन ! उसके बाल बिखरे हुए थे, नेत्र बड़े भयानक थे। उसके गलेमें नरमुण्डोंकी माला थी। भरतश्रेष्ठ ! वह कृत्या-सी जान पड़ती थी ॥ १३ ॥

रुधिरार्द्रा च धर्मज्ञ चीरवल्कलवासिनी।
साभिनिष्क्रम्य राजेन्द्र तादृग्रूपा भयावहा ॥ १४ ॥
वज्रिणं मृगयामास तदा भरतसत्तम।

धर्मज्ञ राजेन्द्र ! भरतसत्तम ! उसके सारे अङ्ग रक्तसे भीगे हुए थे। उसने चीर और वल्कल पहन रखे थे। ऐसे विकराल रूपवाली वह भयानक ब्रह्महत्या वृत्रके शरीरसे निकलकर तत्काल ही वज्रधारी इन्द्रको खोजने लगी ॥ १४½ ॥

कस्यचित् त्वथ कालस्य वृत्रहा कुरुनन्दन ॥ १५ ॥
स्वर्गायाभिमुखः प्रायाल्लोकानां हितकाम्यया।
सा विनिःसरमाणं तु दृष्ट्वा [illegible] महौजसम् ॥ १६ ॥

कुरुनन्दन ! उस समय वृत्रविनाशक इन्द्र लोकहितकी कामनासे स्वर्गकी ओर जा रहे थे। महातेजस्वी इन्द्रको युद्धभूमिसे निकलकर जाते देख ब्रह्महत्या कुछ ही समयमें उनके पास जा पहुँची ॥ १५-१६ ॥

[illegible] वध्या देवेन्द्रं सुलग्ना चाभवत् तदा।
स हि तस्मिन् समुत्पन्ने ब्रह्मवध्याकृते भये ॥ १७ ॥

* अध्याय २८० के ५९ वें श्लोकमें आया है कि 'वृत्रासुरने अपने आत्माको परमात्मामें लगाकर उन्हींका चिन्तन करते हुए प्राण [illegible]ग दिये और परमेश्वरके परम धामको [illegible] कर लिया'—यहाँ भी इतनी बात और समझ लेनी चाहिये।

नलिन्या बिसमध्यस्थ उवासाब्दगणान् बहून् ।

[illegible] ब्रह्महत्याने देवेन्द्रको पकड़ लिया और वह तुरंत ही उनके शरीरसे [illegible] गयी। वह ब्रह्महत्याजनित भय उपस्थित होनेपर इन्द्र उससे पिण्ड छुड़ानेके लिये मारे और कमलकी नालके भीतर घुसकर उसीमें बहुत वर्षोंतक छिपे रहे ॥१७½॥

अनुसृत्य [illegible] यत्नात् स [illegible] [illegible] ब्रह्महत्यया ॥ १८ ॥
तदा गृहीतः कौरव्य निस्तेजाः समपद्यत ।

परंतु [illegible] ब्रह्महत्याने यत्नपूर्वक उनका पीछा करके वहाँ भी उन्हें जा पकड़ा । कुरुनन्दन ! ब्रह्महत्याद्वारा पकड़ लिये जानेपर इन्द्र निस्तेज हो गये ॥ १८½ ॥

तस्या व्यपोहने [illegible] परं यत्नं [illegible] ह ॥ १९ ॥
न चाशकत् तां देवेन्द्रो ब्रह्मवध्यां व्यपोहितुम् ।

देवेन्द्रने उसके निवारणके लिये महान् प्रयत्न किया; परंतु किसी तरह भी वे उसे दूर न कर सके ॥ १९½ ॥

गृहीत एव [illegible] [illegible] देवेन्द्रो भरतर्षभ ॥ २० ॥
पितामहमुपागम्य शिरसा प्रत्यपूजयत् ।

भरतभूषण ! ब्रह्महत्याने देवराज इन्द्रको अपना बंदी बना ही लिया । वे उसी अवस्थामें ब्रह्माजीके पास गये और मस्तक झुकाकर उन्होंने ब्रह्माजीको प्रणाम किया ॥ २०½ ॥

[illegible] गृहीतं शक्रं स द्विजप्रवरवध्यया ॥ २१ ॥
ब्रह्मा स चिन्तयामास तदा भरतसत्तम ।

भरतसत्तम ! एक श्रेष्ठ ब्राह्मणके वधसे पैदा हुई ब्रह्महत्याने इन्द्रको पकड़ लिया है—यह जानकर ब्रह्माजी विचार करने लगे ॥ २१½ ॥

तामुवाच महाबाहो ब्रह्मवध्यां पितामहः ॥ २२ ॥
स्वरेण मधुरेणाथ सान्त्वयन्निव भारत ।

महाबाहु भारत ! तब ब्रह्माजीने [illegible] ब्रह्महत्याको अपनी मीठी वाणीद्वारा सान्त्वना देते हुए-से उससे कहा—॥२२½॥

मुच्यतां त्रिदशेन्द्रोऽयं मत्प्रियं [illegible] भाविनि ॥ २३ ॥
ब्रूहि किं ते करोम्यद्य कामं किं त्वमिहेच्छसि ॥ २४ ॥

'भाविनि ! ये देवताओंके राजा इन्द्र हैं, इन्हें छोड़ दो । मेरा यह प्रिय कार्य करो । बोलो, [illegible] तुम्हारी कौन-सी अभिलाषा पूर्ण करूँ । तुम जिस किसी मनोरथको पाना चाहो उसे बताओ' ॥ २३-२४ ॥

ब्रह्मवध्योवाच

त्रिलोकपूजिते देवे प्रीते त्रैलोक्यकर्तरि ।
कृतमेव हि मन्यामि निवासं तु विधत्स्व मे ॥ २५ ॥

ब्रह्महत्या बोली—तीनों लोकोंकी सृष्टि करनेवाले त्रिभुवनपूजित [illegible] परमदेवके प्रसन्न हो जानेपर [illegible] अपने सारे मनोरथोंको पूर्ण हुआ ही मानती हूँ । अब आप मेरे लिये केवल निवासस्थानका प्रबन्ध कर दीजिये ॥ २५ ॥

त्वया कृतेयं मर्यादा लोकसंरक्षणार्थिना ।
स्थापना वै सुमहती त्वया देव प्रवर्तिता ॥ २६ ॥

आपने सम्पूर्ण लोकोंकी रक्षाके लिये [illegible] धर्मकी मर्यादा बाँधी है । देव ! आपहीने इस महत्त्वपूर्ण मर्यादाकी स्थापना करके इसे चलाया है ॥ २६ ॥

प्रीते [illegible] त्वयि धर्मज्ञ सर्वलोकेश्वर प्रभो ।
शक्रादपगमिष्यामि निवासं संविधत्स्व मे ॥ २७ ॥

धर्मके [illegible] सर्वलोकेश्वर प्रभो ! जब आप [illegible] हैं तो मैं इन्द्रको छोड़कर हट जाऊँगी; परंतु आप मेरे लिये निवासस्थानकी व्यवस्था कर दीजिये ॥ २७ ॥

भीष्म उवाच

तथेति तां प्राह तदा ब्रह्मवध्यां पितामहः ।
उपायतः स [illegible] ब्रह्मवध्यां व्यपोहत ॥ २८ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! तब ब्रह्माजीने ब्रह्महत्यासे कहा—'बहुत अच्छा, मैं तुम्हारे रहनेकी [illegible] [illegible] हूँ' ऐसा कहकर उन्होंने उपायद्वारा इन्द्रकी ब्रह्महत्याको दूर किया ॥ २८ ॥

[illegible] स्वयम्भुवा ध्यातस्तत्र वह्निर्महात्मना ।
ब्रह्माणमुपसंगम्य ततो वचनमब्रवीत् ॥ २९ ॥

तदनन्तर महात्मा स्वयम्भूने वहाँ अग्निदेवका स्मरण किया । उनके स्मरण करते ही वे ब्रह्माजीके पास आ गये और [illegible] [illegible] बोले—॥ २९ ॥

प्राप्तोऽस्मि भगवन् देव त्वत्सकाशमनिन्दित ।
यत् कर्तव्यं मया देव तद् भवान् वक्तुमर्हसि ॥ ३० ॥

'भगवन् ! अनिन्द्य देव ! [illegible] आपके निकट आया हूँ । प्रभो ! मुझे जो कार्य करना हो, उसके लिये आप मुझे [illegible] दें' ॥ ३० ॥

ब्रह्मोवाच

बहुधा विभजिष्यामि ब्रह्मवध्यामिमामहम् ।
शक्रस्याद्यविमोक्षार्थं चतुर्भागं प्रतीच्छ वै ॥ ३१ ॥

ब्रह्माजीने कहा—अग्निदेव ! [illegible] इन्द्रको पापमुक्त करनेके लिये इस ब्रह्महत्याके कई भाग करूँगा । इसका एक चतुर्थांश तुम भी ग्रहण कर लो ॥ ३१ ॥

अग्निरुवाच

मम मोक्षस्य कोऽन्तो वै ब्रह्मन् ध्यायस्व वै प्रभो ।
एतदिच्छामि विज्ञातुं तत्त्वतो लोकपूजित ॥ ३२ ॥

अग्निने कहा—ब्रह्मन् ! प्रभो ! मेरे लिये आपकी आज्ञा शिरोधार्य है, परंतु [illegible] भी इस ब्रह्महत्यासे मुक्त हो सकूँ, इसके लिये इसकी अन्तिम अवधि क्या होगी; इसपर आप विचार करें । विश्ववन्द्य पितामह ! मैं इस बातको ठीक-ठीक जानना चाहता हूँ ॥ ३२ ॥

ब्रह्मोवाच

यस्त्वां ज्वलन्तमासाद्य स्वयं वै मानवः क्वचित् ।
बीजौषधिरसैर्वह्ने न यक्ष्यति तमोवृतः ॥ ३३ ॥
तमेषा यास्यति क्षिप्रं तत्रैव च निवत्स्यति ।

ब्रह्मवध्या हव्यवाह व्येतु ते मानसो ज्वरः ॥ ३४ ॥

ब्रह्माजीने कहा—अग्निदेव ! यदि किसी स्थानपर तुम प्रज्वलित हो रहे हो, वहाँ पहुँचकर कोई अधिकारी मानव तमोगुणसे आवृत होनेके कारण बीज, ओषधि [illegible] रसोंसे स्वयं ही तुम्हारा पूजन नहीं करेगा तो उसीपर तुरंत यह ब्रह्महत्या चली जायगी और उसीके भीतर निवास करने लगेगी; अतः हव्यवाहन ! तुम्हारी मानसिक चिन्ता दूर हो जानी चाहिये ॥ ३३-३४ ॥

इत्युक्तः प्रतिजग्राह तद् वचो हव्यकव्यभुक् ।
पितामहस्य भगवांस्तथा च तदभूत् प्रभो ॥ ३५ ॥

प्रभो ! ब्रह्माजीके ऐसा कहनेपर हव्य और कव्यके भोक्ता भगवान् अग्निदेवने उन पितामहकी वह आज्ञा स्वीकार कर ली । इस प्रकार ब्रह्महत्याका एक चौथाई भाग अग्निमें चला गया ॥ ३५ ॥

ततो वृक्षौषधितृणं समाहूय पितामहः ।
इममर्थं महाराज वक्तुं समुपचक्रमे ॥ ३६ ॥

महाराज ! इसके बाद पितामह वृक्ष, तृण और ओषधियोंको बुलाकर उनसे भी वही बात कहने लगे ॥ ३६ ॥

(ब्रह्मोवाच

इयं वृत्रादनुप्राप्ता [illegible] महाभया ।
पुरुहूतं चतुर्थांशमस्या यूयं प्रतीच्छथ ॥)

ब्रह्माजी बोले—वृत्रासुरके वधसे यह महाभयंकर ब्रह्महत्या प्रकट होकर इन्द्रके पीछे लगी है । तुमलोग उसका एक चौथाई भाग स्वयं ग्रहण कर लो ॥

ततो वृक्षौषधितृणं तथैवोक्तं यथातथम् ।
व्यथितं वह्निवद् राजन् ब्रह्माणमिदमब्रवीत् ॥ ३७ ॥

राजन् ! ब्रह्माजीने जब उसी प्रकार [illegible] बातें ठीक-ठीक सामने रख दीं, तब अग्निके ही समान वृक्ष, तृण और ओषधियों- [illegible] समुदाय भी व्यथित हो उठा और उन सबने ब्रह्माजीसे इस [illegible] कहा— ॥ ३७ ॥

अस्माकं ब्रह्मवध्यायाः कोऽन्तो लोकपितामह ।
दैवेनाभिहतानस्मान् न पुनर्हन्तुमर्हसि ॥ ३८ ॥

'लोकपितामह ! हमारी [illegible] ब्रह्महत्याका अन्त [illegible] होगा ? हम तो यों ही दैवके मारे हुए स्थावर योनिमें पड़े हैं; अतः अब आप पुनः हमें न मारें ॥ ३८ ॥

वयमग्निं [illegible] शीतं वर्षं च पवनेरितम् ।
सहामः सततं देव तथा च्छेदनभेदने ॥ ३९ ॥

ब्रह्मवध्यामिमामद्य भवतः शासनाद् वयम् ।
ग्रहीष्यामस्त्रिलोकेश मोक्षं चिन्तयतां भवान् ॥ ४० ॥

'देव ! त्रिलोकीनाथ ! हमलोग सदा अग्नि और धूपका ताप, सर्दी, वर्षा, आँधी और अस्त्र-शस्त्रोंद्वारा भेदन-छेदनका [illegible] सहते रहते हैं । आज आपकी आज्ञासे इस ब्रह्महत्याको भी ग्रहण कर लेंगे; किंतु आप इससे हमारे छुटकारेका उपाय भी तो सोचिये' ॥ ३९-४० ॥

ब्रह्मोवाच

पर्वकाले [illegible] सम्प्राप्ते यो वै च्छेदनभेदनम् ।
करिष्यति नरो मोहात् तमेषानुगमिष्यति ॥ ४१ ॥

ब्रह्माजीने कहा—संक्रान्ति, ग्रहण, पूर्णिमा, अमावास्या आदि पर्वकाल प्राप्त होनेपर जो मनुष्य मोहवश तुम्हारा भेदन छेदन करेगा, उसीके पीछे तुम्हारी यह ब्रह्महत्या लग जायगी ॥

भीष्म उवाच

ततो वृक्षौषधितृणमेवमुक्तं महात्मना ।
ब्रह्माणमभिसम्पूज्य जगामाशु यथागतम् ॥ ४२ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! महात्मा ब्रह्माजीके ऐसा कहनेपर वृक्ष, ओषधि और तृणका समुदाय उनकी पूजा करके जैसे आया था, वैसे ही शीघ्र लौट गया ॥ ४२ ॥

आहूयाप्सरसो देवस्ततो लोकपितामहः ।
[illegible] मधुरया [illegible] सान्त्वयन्निव भारत ॥ ४३ ॥

भारत ! तत्पश्चात् लोकपितामह ब्रह्माजीने अप्सराओंको बुलाकर उन्हें मीठे वचनोंद्वारा [illegible] देते हुए-से कहा— ॥

इयमिन्द्रादनुप्राप्ता ब्रह्मवध्या वराङ्गनाः ।
चतुर्थमस्या भागांशं मयोक्ताः सम्प्रतीच्छत ॥ ४४ ॥

'सुन्दरियो ! यह ब्रह्महत्या इन्द्रके पाससे आयी है । तुमलोग मेरे कहनेसे इसका एक चतुर्थांश ग्रहण कर लो' ॥

अप्सरस ऊचुः

ग्रहणे कृतबुद्धीनां देवेश तव शासनात् ।
मोक्षं समयतोऽस्माकं चिन्तयस्व पितामह ॥ ४५ ॥

अप्सराएँ बोलीं—देवेश पितामह ! आपकी आज्ञासे हमने इस ब्रह्महत्याको ग्रहण कर लेनेका विचार किया है, किंतु इससे हमारे छुटकारेके समयका भी विचार करनेकी कृपा करें ॥ ४५ ॥

ब्रह्मोवाच

रजस्वलासु नारीषु यो वै मैथुनमाचरेत् ।
तमेषा यास्यति क्षिप्रं व्येतु वो मानसो ज्वरः ॥ ४६ ॥

ब्रह्माजीने कहा—जो पुरुष रजस्वला स्त्रियोंके [illegible] मैथुन करेगा, उसपर यह ब्रह्महत्या शीघ्र चली जायगी, अतः तुम्हारी यह मानसिक चिन्ता दूर हो जानी चाहिये ।

भीष्म उवाच

तथेति हृष्टमनस इत्युक्त्वाप्सरसां गणाः ।
स्वानि स्थानानि सम्प्राप्य रेमिरे भरतर्षभ ॥ ४७ ॥

भीष्मजी कहते हैं—भरतश्रेष्ठ ! यह सुनकर अप्सराओं [illegible] का मन प्रसन्न हो गया । वे 'बहुत अच्छा' कह [illegible] अपने-अपने स्थानोंमें जाकर विहार करने लगीं ॥ ४७ ॥

ततस्त्रिलोककृद् देवः पुनरेव महातपाः।
अपः संचिन्तयामास ध्यातास्ताश्चाप्यथागमन्॥ ४८॥

तब त्रिभुवनकी सृष्टि करनेवाले महातपस्वी भगवान् ब्रह्माने पुनः जलका चिन्तन किया। उनके स्मरण करते ही तुरंत जल देवता वहाँ उपस्थित हो गये॥ ४८॥

तास्तु सर्वाः समागम्य ब्रह्माणममितौजसम्।
इदमूचुर्वचो राजन् प्रणिपत्य पितामहम्॥ ४९॥

राजन्! वे सब अमित तेजस्वी पितामह ब्रह्माजीके पास पहुँचकर उन्हें प्रणाम करके इस प्रकार बोले—॥ ४९॥

इमाः स्म देव सम्प्राप्तास्त्वत्सकाशमरिंदम।
शासनात् तव लोकेश समाज्ञापय नः प्रभो॥ ५०॥

'शत्रुओंका दमन करनेवाले प्रभो! देव! लोकनाथ! हम आपकी आज्ञासे सेवामें उपस्थित हुए हैं। हमें आज्ञा दीजिये, हम कौन-सी सेवा करें?'॥ ५०॥

ब्रह्मोवाच

इयं वृत्रादनुप्राप्ता पुरुहूतं महाभया।
ब्रह्मवध्या चतुर्थांशमस्या यूयं प्रतीच्छत॥ ५१॥

ब्रह्माजीने कहा—वृत्रासुरके वधसे इन्द्रको यह महाभयंकर ब्रह्महत्या प्राप्त हुई है। तुमलोग इसका एक चौथाई भाग ग्रहण कर लो॥ ५१॥

आप ऊचुः

एवं भवतु लोकेश यथा वदसि नः प्रभो।
मोक्षं समयतोऽस्माकं संचिन्तयितुमर्हसि॥ ५२॥

जलदेवताने कहा—लोकेश्वर! प्रभो! आप जैसा कहते हैं, ऐसा ही होगा; परंतु हम इस ब्रह्महत्यासे किस समय छुटकारा पायेंगे, इसका भी विचार करें॥ ५२॥

त्वं हि देवेश सर्वस्य जगतः परमा गतिः।
कोऽन्यः प्रसादो हि भवेद् यः कृच्छ्रात् समुद्धरेत्॥ ५३॥

देवेश्वर! आप ही इस सम्पूर्ण जगत्‌के परम आश्रय हैं। आप हमारा इस संकटसे उद्धार करें, इससे बढ़कर हम लोगोंपर दूसरा कौन अनुग्रह होगा॥ ५३॥

ब्रह्मोवाच

अल्पा इति मतिं कृत्वा यो नरो बुद्धिमोहितः।
श्लेष्ममूत्रपुरीषाणि युष्मासु प्रतिमोक्ष्यति॥ ५४॥
तमियं यास्यति क्षिप्रं तत्रैव च निवत्स्यति।
तथा वो भविता मोक्ष इति सत्यं ब्रवीमि वः॥ ५५॥

ब्रह्माजीने कहा—जो मनुष्य अपनी बुद्धिकी मन्दतासे मोहित होकर जलमें तुच्छ बुद्धि करके तुम्हारे भीतर थूक, खँखार या मल-मूत्र डालेगा, तुम्हें छोड़कर यह ब्रह्महत्या तुरंत उसीपर चली जायगी और उसीके भीतर निवास करेगी। इस प्रकार तुमलोगोंका ब्रह्महत्यासे उद्धार हो जायगा, यह मैं सत्य कहता हूँ॥ ५४-५५॥

ततो विमुच्य देवेन्द्रं ब्रह्मवध्या युधिष्ठिर।
यथा विसृष्टं तं वासमगमद् देवशासनात्॥ ५६॥

युधिष्ठिर! तदनन्तर देवराज इन्द्रको छोड़कर वह ब्रह्महत्या ब्रह्माजीकी आज्ञासे उनके दिये हुए पूर्वोक्त निवास-स्थानोंको चली गयी॥ ५६॥

एवं शक्रेण सम्प्राप्ता ब्रह्मवध्या जनाधिप।
पितामहमनुज्ञाप्य सोऽश्वमेधमकल्पयत्॥ ५७॥

नरेश्वर! इस प्रकार इन्द्रको ब्रह्महत्या प्राप्त हुई थी, फिर उन्होंने ब्रह्माजीकी आज्ञा लेकर अश्वमेध यज्ञका अनुष्ठान किया॥ ५७॥

श्रूयते च महाराज सम्प्राप्ता वासवेन वै।
ब्रह्मवध्या ततः शुद्धिं हयमेधेन लब्धवान्॥ ५८॥

महाराज! सुननेमें आता है कि इन्द्रको जो ब्रह्महत्या लगी थी, उससे उन्होंने अश्वमेध यज्ञ करके ही शुद्धि लाभ की थी॥ ५८॥

समवाप्य श्रियं देवो हत्वारींश्च सहस्रशः।
प्रहर्षमतुलं लेभे वासवः पृथिवीपते॥ ५९॥

पृथ्वीनाथ! देवराज इन्द्रने सहस्रों शत्रुओंका वध करके अपनी खोयी हुई राजलक्ष्मीको पाकर अनुपम आनन्द प्राप्त किया॥ ५९॥

वृत्रस्य रुधिराच्चैव शिखण्डाः पार्थ जज्ञिरे।
द्विजातिभिरभक्ष्यास्ते दीक्षितैश्च तपोधनैः॥ ६०॥

कुन्तीनन्दन! वृत्रासुरके रक्तसे बहुतेरे छत्रक उत्पन्न हुए थे, जो ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यके लिये तथा यज्ञकी दीक्षा लेनेवालोंके लिये और तपस्वियोंके लिये अभक्षणीय हैं॥ ६०॥

सर्वावस्थं त्वमप्येषां द्विजातीनां प्रियं कुरु।
इमे हि भूतले देवाः प्रथिताः कुरुनन्दन॥ ६१॥

कुरुनन्दन! तुम भी इन ब्राह्मणोंका सभी अवस्थाओंमें प्रिय करो। ये इस पृथ्वीपर देवताके रूपमें विख्यात हैं॥ ६१॥

एवं शक्रेण कौरव्य बुद्धिसौक्ष्म्यान्महासुरः।
उपायपूर्वं निहतो वृत्रो ह्यमिततेजसा॥ ६२॥

कुरुकुलभूषण! इस तरह अमित तेजस्वी देवराज इन्द्रने अपनी सूक्ष्म बुद्धिसे काम लेकर उपायपूर्वक महान् असुर वृत्रका वध किया था॥ ६२॥

एवं त्वमपि कौन्तेय पृथिव्यामपराजितः।
भविष्यसि यथा देवः शतक्रतुरमित्रहा॥ ६३॥

कुन्तीकुमार! जैसे स्वर्गलोकमें शत्रुसूदन इन्द्रदेव विजयी हुए थे, उसी प्रकार तुम भी इस पृथ्वीपर किसीसे पराजित होनेवाले नहीं हो॥ ६३॥

ये च शक्रकथां दिव्यामिमां पर्वसु पर्वसु।
विप्रमध्ये वदिष्यन्ति न ते प्राप्स्यन्ति किल्बिषम्॥ ६४॥

जो प्रत्येक पर्वके दिन ब्राह्मणोंकी सभामें इस दिव्य कथाका प्रवचन करेंगे, उन्हें किसी प्रकारका पाप नहीं होगा ॥ ६४ ॥

इत्येतद् वृत्रमाश्रित्य शक्रस्यात्यद्भुतं महत्।
कथितं कर्म ते तात किं भूयः श्रोतुमिच्छसि ॥ ६५ ॥

इस प्रकार वृत्रासुरके प्रसंगसे मैंने तुम्हें यह इन्द्रका अत्यन्त अद्भुत चरित्र सुना दिया। अब तुम और क्या सुनना चाहते हो ? ॥ ६५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि ब्रह्महत्याविभागे द्व्यशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें ब्रह्महत्याका विभाजनविषयक दो सौ बयासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८२ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका १ श्लोक मिलाकर कुल ६६ श्लोक हैं)

त्र्यशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

शिवजीद्वारा दक्षयज्ञका भंग और उनके क्रोधसे ज्वरकी उत्पत्ति तथा उसके विविध रूप

युधिष्ठिर उवाच

पितामह महाप्राज्ञ सर्वशास्त्रविशारद।
अस्मिन् वृत्रवधे देव विवक्षा हि जायते ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—सम्पूर्ण शास्त्रोंके ज्ञानमें निपुण महाप्राज्ञ पितामह ! देव ! इस वृत्रवधके प्रसंगमें मुझे कुछ पूछनेकी इच्छा हो रही है ॥ १ ॥

ज्वरेण मोहितो वृत्रः कथितस्ते जनाधिप।
निहतो वासवेनेह वज्रेणेति तदानघ ॥ २ ॥

निष्पाप जनेश्वर ! आपने कहा है कि वृत्रासुर ज्वरसे मोहित हो गया था, उसी अवस्थामें इन्द्रने अपने वज्रसे उसे मार डाला ॥ २ ॥

कथमेष महाप्राज्ञ ज्वरः प्रादुर्बभौ कुतः।
ज्वरोत्पत्तिं निपुणतः श्रोतुमिच्छाम्यहं प्रभो ॥ ३ ॥

महामते ! प्रभो ! यह ज्वर कैसे और कहाँसे उत्पन्न हुआ ? मैं ज्वरकी उत्पत्तिका प्रसंग भलीभाँति सुनना चाहता हूँ ॥ ३ ॥

भीष्म उवाच

शृणु राजन् ज्वरस्येमं सम्भवं लोकविश्रुतम्।
विस्तरं चास्य वक्ष्यामि यादृशश्चैव भारत ॥ ४ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! ज्वरकी उत्पत्तिका यह वृत्तान्त सम्पूर्ण लोकोंमें प्रसिद्ध है, सुनो। भारत ! यह प्रसंग जैसा है, उसे मैं विस्तारपूर्वक बता रहा हूँ ॥ ४ ॥

पुरा मेरोर्महाराज शृङ्गं त्रैलोक्यपूजितम्।
ज्योतिष्कं नाम सावित्रं सर्वरत्नविभूषितम् ॥ ५ ॥
अप्रमेयमनाधृष्यं सर्वलोकेषु भारत।

भरतनन्दन ! महाराज ! पूर्वकालमें सुमेरु पर्वतका ज्योतिष्क नामसे प्रसिद्ध एक शिखर था, जो सविता (सूर्य) देवतासे सम्बन्ध रखनेके कारण सावित्र कहलाता था। वह सब प्रकारके रत्नोंसे विभूषित, अप्रमेय, समस्त लोकोंके लिये अगम्य और तीनों लोकोंद्वारा पूजित था ॥ ५½ ॥

तत्र देवो गिरितटे हेमधातुविभूषिते ॥ ६ ॥
पर्यङ्क इव विभ्राजन्नुपविष्टो बभूव ह।
शैलराजसुता चास्य नित्यं पार्श्वे स्थिता बभौ ॥ ७ ॥

सुवर्णमय धातुसे विभूषित उस पर्वतशिखरके ऊपर बैठे हुए महादेवजी उसी प्रकार अपूर्व शोभा पाते थे मानो किसी सुन्दर पर्यङ्कपर बैठे हों। वहीं प्रतिदिन उनके वामभागमें रहकर गिरिराजनन्दिनी भगवती पार्वती भी अनुपम शोभा पाती थीं ॥ ६-७ ॥

तथा देवा महात्मानो वसवश्चामितौजसः।
तथैव च महात्मानावश्विनौ भिषजां वरौ ॥
तथा वैश्रवणो राजा गुह्यकैरभिसंवृतः ॥ ८ ॥
यक्षाणामीश्वरः श्रीमान् कैलासनिलयः प्रभुः।
(शङ्खपद्मनिधिभ्यां च ऋद्ध्या परमया सह ।)
उपासन्त महात्मानमुशना च महामुनिः ॥ ९ ॥

इसी प्रकार वहाँ बहुत-से महामनस्वी देवता, अमित तेजस्वी वसुगण, चिकित्सकोंमें श्रेष्ठ महामना अश्विनीकुमार, शङ्खनिधि, पद्मनिधि तथा उत्तम ऋद्धिके साथ गुह्यकोंसे घिरे हुए कैलासवासी यक्षपति प्रभुतासम्पन्न श्रीमान् राजा कुबेर तथा महामुनि शुक्राचार्य—ये सभी परमात्मा महादेवजीकी उपासना किया करते थे ॥ ८-९ ॥

सनत्कुमारप्रमुखास्तथैव च महर्षयः।
अङ्गिरःप्रमुखाश्चैव तथा देवर्षयोऽपरे ॥ १० ॥
विश्वावसुश्च गन्धर्वस्तथा नारदपर्वतौ।
अप्सरोगणसंघाश्च समाजग्मुरनेकशः ॥ ११ ॥

सनत्कुमार आदि महर्षि, अङ्गिरा आदि दूसरे देवर्षि, विश्वावसु गन्धर्व, नारद, पर्वत और अप्सराओंके अनेक समुदाय उस पर्वतपर महादेवजीकी आराधनाके लिये आया करते थे ॥ १०-११ ॥

ववौ सुखः शिवो वायुर्नानागन्धवहः शुचिः।
सर्वर्तुकुसुमोपेताः पुष्पवन्तो द्रुमास्तथा ॥ १२ ॥

वहाँ नाना प्रकारकी सुगन्धको बहानेवाली पवित्र, सुखद एवं मङ्गलमयी वायु चलती रहती थी। सभी ऋतुओंके फूलोंसे सुशोभित होनेवाले खिले हुए वृक्ष उस शिखरकी शोभा बढ़ाते थे ॥ १२ ॥

तथा विद्याधराश्चैव सिद्धाश्चैव तपोधनाः।
महादेवं पशुपतिं पर्युपासन्त भारत ॥ १३ ॥

भारत ! तपस्याके धनी सिद्ध और विद्याधर भी [illegible] पशुपति महादेवजीकी उपासनामें तत्पर रहते थे ॥ १३ ॥

भूतानि च महाराज नानारूपधराण्यथ।
राक्षसाश्च महारौद्राः पिशाचाश्च महाबलाः ॥ १४ ॥
बहुरूपधरा [illegible] नानाप्रहरणोद्यताः।
देवस्यानुचरास्तत्र तस्थिरे चानलोपमाः ॥ १५ ॥

महाराज ! अनेक रूप धारण करनेवाले भूत, महाभयङ्कर राक्षस, महाबली और बहुत से रूप [illegible] करनेवाले पिशाच, जो महादेवजीके अनुचर थे, वहाँ हर्षमें भरकर नाना प्रकारके अस्त्र-शस्त्र लिये खड़े रहते थे। वे सब-के-सब अग्निके समान तेजस्वी थे ॥ १४-१५ ॥

नन्दी च भगवांस्तत्र देवस्यानुमते स्थितः।
प्रगृह्य ज्वलितं शूलं दीप्यमानः स्वतेजसा ॥ १६ ॥

महादेवजीकी आज्ञासे भगवान् नन्दी अपने तेजसे देदीप्यमान हो हाथमें प्रज्वलित [illegible] लेकर वहाँ खड़े रहते थे ॥

गङ्गा च सरितां श्रेष्ठा सर्वतीर्थजलोद्भवा।
पर्युपासत तं देवं रूपिणी कुरुनन्दन ॥ १७ ॥

कुरुनन्दन ! समस्त तीर्थोंके जलोंको लेकर प्रकट हुई सरिताओंमें श्रेष्ठ गङ्गाजी वहाँ दिव्यरूप धारण करके देवाधिदेव महादेवजीकी आराधना करती थीं ॥ १७ ॥

स एवं भगवांस्तत्र पूज्यमानः सुरर्षिभिः।
देवैश्च सुमहातेजा महादेवो व्यतिष्ठत ॥ १८ ॥

इस प्रकार देवताओं और देवर्षियोंसे पूजित होते हुए महातेजस्वी भगवान् महादेव वहाँ नित्य विराजमान थे ॥१८॥

कस्यचित् [illegible] कालस्य दक्षो नाम प्रजापतिः।
पूर्वोक्तेन विधानेन यक्ष्यमाणोऽन्वपद्यत ॥ १९ ॥

[illegible] कालके अनन्तर दक्ष नामसे प्रसिद्ध प्रजापतिने पूर्वोक्त शास्त्रीय विधानके अनुसार [illegible] करनेका संकल्प लेकर उसके लिये तैयारी आरम्भ कर दी ॥ १९ ॥

ततस्तस्य मखं देवाः सर्वे शक्रपुरोगमाः।
गमनाय समागम्य बुद्धिमापेदिरे तदा ॥ २० ॥

उस समय इन्द्र आदि [illegible] देवताओंने दक्ष प्रजापतिके यज्ञमें जानेके लिये परस्पर मिलकर निश्चय किया ॥ २० ॥

ते विमानैर्महात्मानो ज्वलनार्कसमप्रभैः।
देवस्यानुमतेऽगच्छन् गङ्गाद्वारमिति श्रुतिः ॥ २१ ॥

वे महामनस्वी देवता सूर्य और अग्निके समान तेजस्वी विमानोंपर बैठकर महादेवजीकी आज्ञा ले गङ्गाद्वार (हरिद्वार) को गये—यह बात हमारे सुननेमें आयी है ॥

प्रस्थिता देवता दृष्ट्वा शैलराजसुता तदा।
उवाच वचनं साध्वी देवं पशुपतिं पतिम् ॥ २२ ॥

देवताओंको प्रस्थित हुआ देख सती साध्वी गिरिराज-नन्दिनी उमाने अपने स्वामी पशुपति महादेवजीसे पूछा—॥

भगवन् [illegible] नु यान्त्येते देवाः शक्रपुरोगमाः।
ब्रूहि तत्त्वेन [illegible] संशयो मे महानयम् ॥ २३ ॥

'भगवन् ! [illegible] इन्द्र आदि देवता कहाँ जा रहे हैं ? तत्त्वज्ञ परमेश्वर ! ठीक-ठीक बताइये। मेरे मनमें यह महान् संशय उत्पन्न हुआ है' ॥ २३ ॥

महेश्वर उवाच

दक्षो नाम महाभागे प्रजानां पतिरुत्तमः।
हयमेधेन यजते तत्र यान्ति दिवौकसः ॥ २४ ॥

महेश्वरने कहा—महाभागे ! श्रेष्ठ प्रजापति दक्ष अश्वमेध यज्ञ करते हैं; उसीमें ये [illegible] देवता जा रहे हैं ॥ २४ ॥

उमोवाच

यज्ञमेतं महादेव किमर्थं नाधिगच्छसि।
केन वा प्रतिषेधेन गमनं ते [illegible] विद्यते ॥ २५ ॥

उमा बोलीं—महादेव ! इस यज्ञमें आप क्यों नहीं [illegible] रहे हैं ? किस प्रतिबन्धके कारण आपका वहाँ जाना नहीं हो रहा है ? ॥२५ ॥

महेश्वर उवाच

सुरैरेव महाभागे पूर्वमेतदनुष्ठितम्।
यज्ञेषु सर्वेषु [illegible] न भाग उपकल्पितः ॥ २६ ॥

महेश्वरने कहा—महाभागे ! देवताओंने ही पहले ऐसा निश्चय किया था। उन्होंने सभी यज्ञोंमेंसे किसीमें भी मेरे लिये भाग नियत नहीं किया ॥ २६ ॥

पूर्वोपायोपपन्नेन मार्गेण वरवर्णिनि।
न मे सुराः प्रयच्छन्ति भागं [illegible] धर्मतः ॥ २७ ॥

सुन्दरि ! पूर्वनिश्चित नियमके अनुसार धर्मकी दृष्टिसे ही देवतालोग यज्ञमें मुझे भाग नहीं अर्पित करते हैं ॥२७॥

उमोवाच

भगवन् सर्वभूतेषु प्रभावाभ्यधिको गुणैः।
अजय्यश्चाप्यधृष्यश्च तेजसा यशसा श्रिया ॥ २८ ॥
अनेन ते महाभाग प्रतिषेधेन भागतः।
अतीव दुःखमुत्पन्नं वेपथुश्च ममानघ ॥ २९ ॥

उमाने कहा—भगवन् ! आप समस्त प्राणियोंमें सबसे अधिक प्रभावशाली, गुणवान्, अजेय, अधृष्य, तेजस्वी, यशस्वी तथा श्रीसम्पन्न हैं। महाभाग ! यज्ञमें जो इस प्रकार आपको भाग देनेका निषेध किया गया है, इससे मुझे बड़ा दुःख हुआ है। अनघ ! इस अपमानसे मेरा सारा शरीर काँप रहा है ॥ २८-२९ ॥

भीष्म उवाच

एवमुक्त्वा तु सा देवी तदा पशुपतिं पतिम्।
तूष्णींभूताभवद् राजन् दह्यमानेन चेतसा ॥ ३० ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! अपने पति भगवान् पशुपतिसे ऐसा कहकर पार्वतीदेवी चुप हो गयीं, परंतु उनका हृदय शोकसे दग्ध हो रहा था ॥ ३० ॥

अथ देव्या मतं ज्ञात्वा हृद्गतं यच्चिकीर्षितम्।
स समाज्ञापयामास तिष्ठ त्वमिति नन्दिनम् ॥ ३१ ॥

पार्वतीदेवीके मनमें क्या है और वे क्या करना चाहती हैं, इस बातको जानकर महादेवजीने नन्दीको आज्ञा दी कि तुम यहीं खड़े रहो ॥ ३१ ॥

ततो योगबलं कृत्वा सर्वयोगेश्वरेश्वरः।
तं यज्ञं स महातेजा भीमैरनुचरैस्तदा ॥ ३२ ॥
सहसा घातयामास देवदेवः पिनाकधृक्।

तदनन्तर सम्पूर्ण योगेश्वरोंके भी ईश्वर महातेजस्वी देवाधिदेव पिनाकधारी शिवने योगबलका आश्रय ले अपने भयानक सेवकोंद्वारा उस यज्ञको सहसा [illegible] करा दिया ॥

केचिन्नादानमुञ्चन्त केचिद्धासांश्च चक्रिरे ॥ ३३ ॥
रुधिरेणापरे राजंस्तत्राग्निं समवाकिरन्।

राजन्! भगवान् शिवके अनुचरोंमेंसे कोई तो जोर-जोरसे सिंहनाद करने लगे, किन्हींने अट्टहास करना आरम्भ [illegible] दिया तथा दूसरे यज्ञाग्निको बुझानेके लिये उसपर रक्तकी वर्षा करने लगे ॥ ३३½ ॥

केचिद् यूपान् समुत्पाट्य बभ्रमुर्विकृताननाः ॥ ३४ ॥
आस्यैरन्ये चाग्रसन्त तथैव परिचारकान्।

कोई विकराल मुखवाले पार्षद यज्ञके यूपोंको उखाड़कर वहाँ चारों ओर चक्कर लगाने लगे। दूसरोंने यज्ञके परिचारकोंको अपने मुखका ग्रास बना लिया ॥ ३४½ ॥

ततः स यज्ञो नृपते वध्यमानः समन्ततः ॥ ३५ ॥
आस्थाय मृगरूपं वै खमेवाभ्यगमत् तदा।

नरेश्वर! इस प्रकार जब सब ओरसे आघात होने लगा, तब वह यज्ञ मृगका रूप धारण करके आकाशकी ओर ही भाग चला ॥ ३५½ ॥

तं [illegible] यज्ञं तथारूपं गच्छन्तमुपलभ्य सः ॥ ३६ ॥
धनुरादाय बाणेन तदान्वसरत प्रभुः।

यज्ञको मृगका रूप धारण करके भागते देख भगवान् शिवने धनुष हाथमें लेकर अपने बाणके द्वारा उसका पीछा किया ॥ ३६½ ॥

ततस्तस्य सुरेशस्य क्रोधादमिततेजसः ॥ ३७ ॥
ललाटात् प्रसृतो घोरः स्वेदबिन्दुर्बभूव ह।
तस्मिन् पतितमात्रे च स्वेदबिन्दौ तदा भुवि ॥ ३८ ॥
प्रादुर्बभूव सुमहानग्निः कालानलोपमः।

तत्पश्चात् अमिततेजस्वी देवेश्वर महादेवजीके क्रोधके कारण उनके ललाटसे भयंकर पसीनेकी बूँद प्रकट हुई। उस पसीनेके बिन्दुके पृथ्वीपर पड़ते ही कालाग्निके [illegible] विशाल अग्निपुञ्जका प्रादुर्भाव हुआ ॥ ३७-३८½ ॥

तत्र चाजायत तदा पुरुषः पुरुषर्षभ ॥ ३९ ॥
ह्रस्वोऽतिमात्रं रक्ताक्षो हरिश्मश्रुर्विभीषणः।

पुरुषप्रवर! उस समय उस आगसे एक नाटा [illegible] पुरुष उत्पन्न हुआ, जिसकी आँखें बहुत ही लाल थीं। दाढ़ी और मूँछके [illegible] भूरे रंगके थे। वह देखनेमें बड़ा डरावना जान पड़ता था ॥ ३९½ ॥

ऊर्ध्वकेशोऽतिरोमाङ्गः श्येनोलूकस्तथैव च ॥ ४० ॥
करालकृष्णवर्णश्च रक्तवासास्तथैव च।
[illegible] यज्ञं सुमहासत्त्वोऽदहत् कक्षमिवानलः ॥ ४१ ॥

उसके केश ऊपरकी ओर उठे हुए थे। उसके सारे अङ्ग बाज और उल्लूके समान अतिशय रोमावलियोंसे भरे थे। शरीरका रंग काला और विकराल था। उसके [illegible] लाल रंगके थे। उस महान् शक्तिशाली पुरुषने उस यज्ञको उसी प्रकार दग्ध कर दिया, जैसे आग सूखे काठ या घास फूसके ढेरको जलाकर भस्म कर डालती है ॥ ४०-४१ ॥

व्यचरत् सर्वतो देवान् प्राद्रवत् स ऋषींस्तथा।
देवाश्चाप्याद्रवन् सर्वे ततो भीता दिशो दश ॥ ४२ ॥

तत्पश्चात् वह पुरुष सब ओर विचरने लगा और देवताओं तथा ऋषियोंकी ओर दौड़ा। उसे देखकर सब देवता भयभीत हो दसों दिशाओंमें भाग गये ॥ ४२ ॥

तेन तस्मिन् विचरता पुरुषेण विशाम्पते।
पृथिवी ह्यचलद् राजन्नतीव भरतर्षभ ॥ ४३ ॥

राजन्! भरतभूषण! प्रजानाथ! उस यज्ञमें विचरते हुए उस पुरुषके पैरोंकी धमकसे यह पृथ्वी बड़े जोर-जोरसे काँपने लगी ॥ ४३ ॥

हाहाभूतं जगत् सर्वमुपलक्ष्य तदा प्रभुः।
पितामहो महादेवं दर्शयन् प्रत्यभाषत ॥ ४४ ॥

उस समय सारे जगत्‌में हाहाकार मचा गया। यह [illegible] देखकर भगवान् ब्रह्माने महादेवजीको [illegible] दुर्दशा दिखाते हुए उनसे इस प्रकार कहा ॥ ४४ ॥

ब्रह्मोवाच

भवतोऽपि सुराः सर्वे भागं दास्यन्ति वै प्रभो।
क्रियतां प्रतिसंहारः सर्वदेवेश्वर त्वया ॥ ४५ ॥

ब्रह्माजी बोले—सर्वदेवेश्वर! प्रभो! अब आप अपने बढ़े हुए उस क्रोधको शान्त कीजिये। आजसे सब देवता आपको भी यज्ञका भाग दिया करेंगे ॥ ४५ ॥

इमा हि देवताः सर्वा ऋषयश्च परंतप।
तव क्रोधान्महादेव न शान्तिमुपलेभिरे ॥ ४६ ॥

शत्रुओंको संताप देनेवाले महादेव! ये सब देवता और ऋषि आपके क्रोधसे त्रस्त होकर कहीं शान्ति नहीं पा रहे हैं ॥ ४६ ॥

यश्चैष पुरुषो जातः स्वेदात् ते विबुधोत्तम ।
ज्वरो नामैष धर्मज्ञ लोकेषु प्रचरिष्यति ॥ ४७ ॥

धर्मज्ञ देवेश्वर ! आपके पसीनेसे जो यह पुरुष प्रकट हुआ है, इसका नाम होगा ज्वर । यह समस्त लोकोंमें विचरण करेगा ॥ ४७ ॥

एकीभूतस्य न त्वस्य धारणे तेजसः प्रभो ।
समर्था सकला पृथ्वी बहुधा सृज्यतामयम् ॥ ४८ ॥

प्रभो ! आपका तेजरूप यह ज्वर जबतक एक रूपमें रहेगा, तबतक यह सारी पृथ्वी इसे धारण करनेमें समर्थ न हो सकेगी । अतः इसे अनेक रूपोंमें विभक्त कर दीजिये ॥

इत्युक्तो ब्रह्मणा देवो भागे चापि प्रकल्पिते ।
भगवन्तं तथेत्याह ब्रह्माणममितौजसम् ॥ ४९ ॥

जब ब्रह्माजीने इस प्रकार कहा और यज्ञमें भाग मिलनेकी भी व्यवस्था हो गयी, तब महादेवजी अमित-तेजस्वी भगवान् ब्रह्मासे इस प्रकार बोले—'तथास्तु' ऐसा ही हो ॥ ४९ ॥

परां च प्रीतिमगमदुत्स्मयंश्च पिनाकधृक् ।
अवाप च तदा भागं यथोक्तं ब्रह्मणा भवः ॥ ५० ॥

पिनाकधारी शिवको उस समय बड़ी प्रसन्नता हुई और वे मुस्कराने लगे । जैसा कि ब्रह्माजीने कहा था, उसके अनुसार उन्होंने यज्ञमें भाग प्राप्त कर लिया ॥ ५० ॥

ज्वरं च सर्वधर्मज्ञो बहुधा व्यसृजत् तदा ।
शान्त्यर्थं सर्वभूतानां शृणु तच्चापि पुत्रक ॥ ५१ ॥

बेटा युधिष्ठिर ! उस समय समस्त धर्मोंके ज्ञाता भगवान् शिवने सम्पूर्ण प्राणियोंकी शान्तिके लिये ज्वरको अनेक रूपोंमें बाँट दिया, उसे भी सुन लो ॥ ५१ ॥

शीर्षाभितापो नागानां पर्वतानां शिलाजतु ।
अपां तु नीलिकां विद्यान्निर्मोकं भुजगेषु च ॥ ५२ ॥
खोरकः सौरभेयाणामूषरं पृथिवीतले ।
पशूनामपि धर्मज्ञ दृष्टिप्रत्यवरोधनम् ॥ ५३ ॥

हाथियोंके मस्तकमें जो ताप या पीड़ा होती है, वही उनका ज्वर है । पर्वतोंका ज्वर शिलाजितके रूपमें प्रकट होता है । सेवारको पानीका ज्वर समझना चाहिये । सर्पोंका ज्वर केंचुल है । गाय, बैलोंके खुरोंमें जो खोरक नामवाला रोग होता है, वही उनका ज्वर है । पृथ्वीका ज्वर ऊसरके रूपमें प्रकट होता है । धर्मज्ञ युधिष्ठिर ! पशुओंकी दृष्टि-शक्तिका जो अवरोध होता है, वह भी उनका ज्वर ही है ॥ ५२-५३ ॥

रन्ध्रागतमथाश्वानां शिखोद्भेदश्च बर्हिणाम् ।
नेत्ररोगः कोकिलस्य ज्वरः प्रोक्तो महात्मना ॥ ५४ ॥

घोड़ोंके गलेके छेदमें जो मांसखण्ड बढ़ जाता है, वही उनका ज्वर है । मोरोंकी शिखाका निकलना ही उनके लिये ज्वर है । कोकिलका जो नेत्ररोग है, उसे भी महात्मा शिवने ज्वर बताया है ॥ ५४ ॥

अवीनां पित्तभेदश्च सर्वेषामिति नः श्रुतम् ।
शुकानामपि सर्वेषां हिक्किका प्रोच्यते ज्वरः ॥ ५५ ॥

समस्त भेड़ोंका पित्तभेद भी ज्वर ही है—यह हमारे सुननेमें आया है । समस्त तोतोंके लिये हिचकीको ही ज्वर कहा गया है ॥ ५५ ॥

शार्दूलेष्वथ धर्मज्ञ श्रमो ज्वर इहोच्यते ।
मानुषेषु तु धर्मज्ञ ज्वरो नामैष भारत ॥ ५६ ॥

धर्मज्ञ भरतनन्दन ! सिंहोंमें थकावटका होना ही ज्वर कहलाता है; परंतु मनुष्योंमें यह ज्वरके नामसे ही प्रसिद्ध है ॥ ५६ ॥

मरणे जन्मनि तथा मध्ये चाविशते नरम् ।
एतन्माहेश्वरं तेजो ज्वरो नाम सुदारुणः ॥ ५७ ॥
नमस्यश्चैव मान्यश्च सर्वप्राणिभिरीश्वरः ।
अनेन हि समाविष्टो वृत्रो धर्मभृतां वरः ॥ ५८ ॥

भगवान् महेश्वरका तेजरूप यह ज्वर अत्यन्त दारुण है । यह मृत्युकालमें, जन्मके समय तथा बीचमें भी मनुष्योंके शरीरमें प्रवेश कर जाता है । यह सर्वसमर्थ माहेश्वर ज्वर समस्त प्राणियोंके लिये वन्दनीय और माननीय है । इसीने धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ वृत्रासुरके शरीरमें प्रवेश किया था ॥

व्यजृम्भत ततः शक्रस्तस्मै वज्रमवासृजत् ।
प्रविश्य वज्रं वृत्रं च दारयामास भारत ॥ ५९ ॥

भारत ! तब ज्वरसे पीड़ित होकर वृत्र वह जँभाई लेने लगा, उसी समय इन्द्रने उसपर वज्रका प्रहार किया । वज्रने उसके शरीरमें घुसकर उसे चीर डाला ॥ ५९ ॥

दारितश्च स वज्रेण महायोगी महासुरः ।
जगाम परमं स्थानं विष्णोरमिततेजसः ॥ ६० ॥

वज्रसे विदीर्ण हुआ महायोगी एव महान् असुर वृत्र अमिततेजस्वी भगवान् विष्णुके परम धामको चला गया ॥

विष्णुभक्त्या हि तेनेदं जगद् व्याप्तमभूत् तदा ।
तस्माच्च निहतो युद्धे विष्णोः स्थानमवाप्तवान् ॥ ६१ ॥

भगवान् विष्णुकी भक्तिके प्रभावसे ही उसने अपनी विशाल कायाद्वारा इस सम्पूर्ण जगत्को व्याप्त कर लिया था । अतः युद्धमें मारे जानेपर उसने विष्णुधाम प्राप्त कर लिया ॥ ६१ ॥

इत्येष वृत्रमाश्रित्य ज्वरस्य महतो मया ।
विस्तरः कथितः पुत्र किमन्यत् प्रब्रवीमि ते ॥ ६२ ॥

बेटा ! इस प्रकार वृत्रासुरके वधके प्रसंगसे मैंने महान् माहेश्वर ज्वरकी उत्पत्तिका वृत्तान्त विस्तारपूर्वक कह सुनाया । अब तुमसे और क्या कहूँ ? ॥ ६२ ॥

इमां ज्वरोत्पत्तिमदीनमानसः
पठेत् सदा यः सुसमाहितो नरः ।
विमुक्तरोगः स सुखी मुदा युतो
लभेत कामान् स यथामनीषितान् ।६३।

जो उदारचित्त एवं एकाग्र होकर ज्वरकी उत्पत्तिसे सम्बन्ध रखनेवाली इस कथाका सदा पढ़ता है, वह मनुष्य रोगमुक्त, सुखी एवं प्रसन्न होकर मनोवाञ्छित कामनाओंको प्राप्त कर लेता है ॥ ६३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि ज्वरोत्पत्तिर्नाम त्र्यशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें ज्वरकी उत्पत्तिविषयक दो सौ तिरासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८३ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका ½ श्लोक मिलाकर कुल ६३½ श्लोक हैं)

चतुरशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पार्वतीके रोष एवं खेदका निवारण करनेके लिये भगवान् शिवके द्वारा दक्षयज्ञका विध्वंस, दक्षद्वारा किये हुए शिवसहस्रनामस्तोत्रसे संतुष्ट होकर महादेवजीका उन्हें वरदान देना तथा इस स्तोत्रकी महिमा

जनमेजय उवाच

प्राचेतसस्य दक्षस्य कथं वैवस्वतेऽन्तरे ।
विनाशमगमद् ब्रह्मन् हयमेधः प्रजापतेः ॥ १ ॥

जनमेजयने पूछा—ब्रह्मन् ! वैवस्वत मन्वन्तरमें प्रचेताओंके पुत्र दक्षप्रजापतिका अश्वमेध यज्ञ कैसे नष्ट हो गया ? ॥ १ ॥

देव्या मन्युकृतं मत्वा क्रुद्धः सर्वात्मकः प्रभुः ।
प्रसादात् तस्य दक्षेण स यज्ञः संधितः कथम् ।
एतद् वेदितुमिच्छेयं तन्मे ब्रूहि यथातथम् ॥ २ ॥

दक्षके यज्ञमें मेरा आवाहन न होना पार्वतीके दुःखका कारण बन गया है—यह जानकर भगवान् शंकर, जो सम्पूर्ण प्राणियोंके आत्मा हैं, कुपित हो उठे, तब फिर उन्हींकी कृपापूर्ण प्रसन्नतासे दक्षप्रजापतिका वह यज्ञ कैसे सम्पन्न हुआ ? मैं यह वृत्तान्त जानना चाहता हूँ, आप इसे यथार्थ रूपसे बतानेकी कृपा करें ॥ २ ॥

वैशम्पायन उवाच

पुरा हिमवतः पृष्ठे दक्षो वै यज्ञमाहरत् ।
गङ्गाद्वारे शुभे देशे ऋषिसिद्धनिषेविते ॥ ३ ॥

वैशम्पायनजीने कहा—प्राचीन कालकी बात है—हिमालयके पार्श्ववर्ती गङ्गाद्वार (हरिद्वार) के शुभ देशमें, जहाँ ऋषियों तथा सिद्ध पुरुषोंका निवास है, प्रजापति दक्षने अपने यज्ञका आयोजन किया था ॥ ३ ॥

गन्धर्वाप्सरसाकीर्णे नानाद्रुमलतावृते ।
ऋषिसङ्घैः परिवृतं दक्षं धर्मभृतां वरम् ॥ ४ ॥
पृथिव्यामन्तरिक्षे च ये च स्वर्लोकवासिनः ।
सर्वे प्राञ्जलयो भूत्वा उपतस्थुः प्रजापतिम् ॥ ५ ॥

वह स्थान गन्धर्वों और अप्सराओंसे भरा था। भाँति-भाँतिके वृक्षसमूह और लताएँ वहाँ सब ओर छा रही थीं । धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ प्रजापति दक्ष ऋषिसमुदायसे घिरे हुए बैठे । उस समय पृथ्वी, अन्तरिक्ष तथा स्वर्गलोकके निवासी भी वहाँ जुटे हुए थे और वे सब-के-सब हाथ जोड़ कर प्रजापतिको प्रणाम करके उनकी सेवामें खड़े थे ॥ ४-५ ॥

देवदानवगन्धर्वाः पिशाचोरगराक्षसाः ।
हाहाहूहूश्च गन्धर्वौ तुम्बुरुर्नारदस्तथा ॥ ६ ॥
विश्वावसुर्विश्वसेनो गन्धर्वाप्सरसस्तथा ।

देवता, दानव, गन्धर्व, पिशाच, नाग, राक्षस, हाहा और हूहू नामक गन्धर्व, तुम्बुरु, नारद, विश्वावसु, विश्वसेन तथा दूसरे-दूसरे गन्धर्व और अप्सराएँ वहाँ उपस्थित थीं ॥

आदित्या वसवो रुद्राः साध्याः सह मरुद्गणैः ॥ ७ ॥
इन्द्रेण सहिताः सर्वे आजग्मुर्यज्ञभागिनः ।

आदित्य, वसु, रुद्र, साध्य और मरुद्गण—ये सब-के-सब इन्द्रके साथ यज्ञमें भाग लेनेके लिये वहाँ पधारे थे ॥ ७½ ॥

ऊष्मपाः सोमपाश्चैव धूमपा आज्यपास्तथा ॥ ८ ॥
ऋषयः पितरश्चैव आजग्मुर्ब्रह्मणा सह ।

ऊष्मपा (सूर्यकी किरणोंका पान करनेवाले), सोमपा (सोमरस पीनेवाले), धूमपा (यज्ञमें धूम-पान करनेवाले) और आज्यपा (घृत-पान करनेवाले) पितर और ऋषि भी ब्रह्माजीके साथ उस यज्ञमें पधारे थे ॥ ८½ ॥

एते चान्ये च बहवो भूतग्रामाश्चतुर्विधाः ॥ ९ ॥
जरायुजाण्डजाश्चैव सहसा स्वेदजोद्भिजः ।

ये तथा और भी बहुत-से चतुर्विध प्राणिसमुदाय जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्ज वहाँ उपस्थित हुए थे ॥

आहूता मन्त्रिताः सर्वे देवाश्च सह पत्निभिः ॥ १० ॥
विराजन्ते विमानस्था दीप्यमाना इवाग्नयः ।

जिन्हें निमन्त्रित करके बुलाया गया था, वे सब देवता अपनी पत्नियोंके साथ विमानपर बैठकर आते समय प्रज्वलित अग्निके समान प्रकाशित हो रहे थे ॥ १०½ ॥

तान् दृष्ट्वा मन्युनाऽऽविष्टो दधीचिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ ११ ॥

नायं यज्ञो न वा धर्मो [illegible] रुद्रो न इज्यते ।
वधबन्धं प्रपन्ना वै किं [illegible] कालस्य पर्ययः ॥ १२ ॥

(महामुनि दधीचि भी [illegible] यज्ञमण्डपमें उपस्थित थे। उन्होंने देखा कि देवता और दानव आदिका [illegible] तो खूब जुटा हुआ है; परन्तु भगवान् शंकर दिखायी नहीं देते हैं। जान पड़ता है उनका आवाहन नहीं किया गया है। इससे उनके मनमें बड़ा दुःख हुआ।) उन सब देवताओंको वहाँ उपस्थित देख दधीचि क्रोधसे भर गये और बोले—'सज्जनो! जिसमें भगवान् शिवकी पूजा नहीं होती है, वह न [illegible] है और न धर्म। यह [illegible] भी भगवान् शिवके बिना यज्ञ कहनेयोग्य नहीं रहा। इसका आयोजन करनेवाले लोग वध और बन्धनकी दुर्दशामें पड़नेवाले हैं। अहो! कालका कैसा उलट-फेर है ॥ ११-१२ ॥

किंतु मोहान्न पश्यन्ति विनाशं पर्युपस्थितम् ।
उपस्थितं महाघोरं न बुध्यन्ति महाध्वरे ॥ १३ ॥

'इस महायज्ञमें अत्यन्त घोर विनाश उपस्थित होनेवाला है; किंतु मोहवश कोई देख नहीं रहे हैं—समझ नहीं पाते हैं' ॥

इत्युक्त्वा [illegible] महायोगी पश्यति ध्यानचक्षुषा ।
स पश्यति महादेवं देवीं च वरदां शुभाम् ॥ १४ ॥
नारदं च महात्मानं तस्या देव्याः समीपतः ।
संतोषं परमं लेभे इति निश्चित्य योगवित् ॥ १५ ॥
एकमन्त्रास्तु ते सर्वे येनेशो न निमन्त्रितः ।

ऐसा कहकर महायोगी दधीचिने जब ध्यान लगाकर देखा, तब उन्हें भगवान् शंकर और मङ्गलमयी वरदायिनी देवी पार्वतीजीका दर्शन हुआ। उनके पास ही महात्मा नारदजी भी दिखायी दिये, इससे उनको बड़ा संतोष हुआ। योगवेत्ता दधीचिको यह निश्चय हो गया [illegible] ये सब देवता एकमत हो गये हैं। इसीलिये इन्होंने महेश्वरको यहाँ निमन्त्रित नहीं किया है ॥ १४-१५½ ॥

तस्माद् देशादपक्रम्य दधीचिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ १६ ॥
अपूज्यपूजनाच्चैव पूज्यानां चाप्यपूजनात् ।
नृघातकसमं पापं शश्वत् प्राप्नोति मानवः ॥ १७ ॥

यह बात ध्यानमें आते ही दधीचि यज्ञशालासे [illegible] हो गये और दूर [illegible] कहने लगे—'सज्जनो! अपूजनीय पुरुषकी पूजा करनेसे और पूजनीय महापुरुषकी पूजा न करनेसे मनुष्य सदा ही नरहत्याके समान पापका भागी होता है ॥

अनृतं नोक्तपूर्वं मे न च वक्ष्ये कदाचन ।
देवतानामृषीणां च मध्ये सत्यं ब्रवीम्यहम् ॥ १८ ॥

'मैंने पहले कभी झूठ नहीं कहा है और आगे भी कभी झूठ नहीं कहूँगा। इन देवताओं तथा ऋषियोंके बीचमें [illegible] सच्ची बात कह रहा हूँ' ॥ १८ ॥

आगतं पशुभर्तारं स्रष्टारं [illegible] पतिम् ।
अध्वरे ह्यग्रभोक्तारं सर्वेषां पश्यत प्रभुम् ॥ १९ ॥

'भगवान् शंकर सम्पूर्ण जगत्‌की सृष्टि करनेवाले, सम्पूर्ण जीवोंके [illegible] स्वामी तथा सबके प्रभु हैं। तुम सब लोग देख लेना, वे इस यज्ञमें प्रधान भोक्ताके रूपमें उपस्थित होंगे' ॥

दक्ष उवाच

सन्ति नो बहवो रुद्राः [illegible] कपर्दिनः ।
एकादशस्थानगता नाहं वेद्मि महेश्वरम् ॥ २० ॥

दक्षने कहा—हाथोंमें शूल और मस्तकपर जटा-जूट धारण करनेवाले बहुत-से रुद्र हमारे यहाँ रहते हैं। वे ग्यारह हैं और ग्यारह स्थानोंमें निवास करते हैं। उनके सिवा दूसरे किसी महेश्वरको [illegible] नहीं जानता ॥ २० ॥

दधीचिरुवाच

सर्वेषामेव मन्त्रोऽयं येनासौ न निमन्त्रितः ।
यथाहं शंकरादूर्ध्वं नान्यं पश्यामि दैवतम् ।
तथा दक्षस्य विपुलो यज्ञोऽयं न भविष्यति ॥ २१ ॥

दधीचि बोले—मैं जानता हूँ, [illegible] सब लोगोंका ही यह मिल-जुलकर किया हुआ निश्चय है। इसीलिये उन महादेवजीको निमन्त्रित नहीं किया गया है; परंतु मैं भगवान् शंकरसे बढ़कर दूसरे किसी देवताको नहीं देखता। यदि यह सत्य है तो प्रजापति दक्षका यह विशाल यज्ञ निश्चय ही नष्ट हो जायगा ॥

दक्ष उवाच

एतन्मखेशाय सुवर्णपात्रे
हविः समस्तं विधिमन्त्रपूतम् ।

विष्णोर्नयाम्यप्रतिमस्य भागं
प्रभुर्विभुश्चाहवनीय एषः ॥ २२ ॥

दक्षने कहा—महर्षे ! देखो, विधिपूर्वक मन्त्रसे पवित्र की हुई यह सारी हवि सुवर्णके पात्रमें रखी हुई है। यह यज्ञेश्वर श्रीविष्णुको समर्पित है। भगवान् विष्णुकी कहीं समता नहीं है। मैं उन्हींको हविष्यका यह भाग अर्पित करूँगा। ये भगवान् विष्णु ही सर्वसमर्थ, व्यापक और यज्ञ-भाग अर्पित करनेके योग्य हैं ॥ २२ ॥

देव्युवाच

किं नाम दानं नियमं तपो वा
कुर्यामहं येन पतिर्ममाद्य ।
लभेत भागं भगवानचिन्त्यो
ह्यर्धं तथा भागमथो तृतीयम् ॥ २३ ॥

(दूसरी ओर कैलास पर्वतपर) पार्वती देवी (बहुत दुखी होकर) कह रही थीं—आह, मैं कौन-सा ऐसा दान या तप करूँ, जिसके प्रभावसे आज मेरे पतिदेव अचिन्त्य भगवान् शंकरको यज्ञका आधा अथवा तिहाई भाग अवश्य प्राप्त हो ?' ॥ २३ ॥

एवं ब्रुवाणां भगवान् स्वपत्नीं
प्रहृष्टरूपः क्षुभितामुवाच ।
न वेत्सि मां देवि कृशोदराङ्गि
किं नाम युक्तं वचनं मखेशे ॥ २४ ॥

क्षोभमें भरकर इस प्रकार बोलती हुई पत्नीकी बात सुनकर भगवान् शंकर हर्षसे खिल उठे और इस प्रकार बोले—'देवि ! कृशोदराङ्गि ! तू मुझे नहीं जानती, मैं सम्पूर्ण यज्ञोंका ईश्वर हूँ। मेरे विषयमें किस प्रकारके वचन कहना चाहिये, यह भी तुम नहीं जानती ॥ २४ ॥

अहं विजानामि विशालनेत्रे
ध्यानेन हीना न विदन्त्यसन्तः ।
तवाद्य मोहेन च सेन्द्रदेवा
लोकास्त्रयः सर्वत एव मूढाः ॥ २५ ॥

'पर मैं सब कुछ जानता हूँ। विशाललोचने ! जिनका चित्त एकाग्र नहीं है, वे ध्यानशून्य असाधु पुरुष मेरे स्वरूप-को नहीं जानते। आज तुम्हारे इस मोहसे इन्द्र आदि देवताओंसहित तीनों लोक सब ओरसे किंकर्तव्यविमूढ हो गये हैं ॥ २५ ॥

मामध्वरे शंसितारः स्तुवन्ति
रथन्तरं सामगाश्चोपगान्ति ।
मां ब्राह्मणा ब्रह्मविदो यजन्ते
ममाध्वर्यवः कल्पयन्ते च भागम् ॥ २६ ॥

'यज्ञमें प्रस्तोतालोग मेरी स्तुति करते हैं। सामगान करनेवाले ब्राह्मण रथन्तर सामके रूपमें मेरी ही महिमाका गान करते हैं। वेदवेत्ता विप्र मेरा ही यजन करते हैं और ऋत्विजलोग यज्ञमें मुझे ही भाग अर्पित करते हैं' ॥ २६ ॥

देव्युवाच

सुप्राकृतोऽपि पुरुषः सर्वः स्त्रीजनसंसदि ।
स्तौति गर्वायते चापि स्वमात्मानं न संशयः ॥ २७ ॥

देवीने कहा—नाथ ! अत्यन्त गँवार पुरुष भी क्यों न हो, प्रायः सभी स्त्रियोंके बीचमें अपनी प्रशंसाके गीत गाते और अपनी श्रेष्ठतापर गर्व करते हैं—इसमें तनिक भी संशय नहीं है ॥ २७ ॥

श्रीभगवानुवाच

नात्मानं स्तौमि देवेशि पश्य मे तनुमध्यमे ।
यं स्रक्ष्यामि वरारोहे यागार्थे वरवर्णिनि ॥ २८ ॥

श्रीभगवान् शिव बोले—देवेश्वरि ! तनुमध्यमे ! वरारोहे ! वरवर्णिनि ! मैं अपनी प्रशंसा नहीं करता हूँ। मेरा प्रभाव देखो। जिसके कारण तुम्हें दुःख हुआ है, उस यज्ञको नष्ट करनेके लिये मैं जिस वीर पुरुषकी सृष्टि कर रहा हूँ उसपर दृष्टिपात करो ॥ २८ ॥

इत्युक्त्वा भगवान् पत्नीमुमां प्राणैरपि प्रियाम् ।
सोऽसृजद् भगवान् वक्त्राद् भूतं घोरं प्रहर्षणम् ॥ २९ ॥

अपने प्राणोंसे भी अधिक प्यारी पत्नी उमासे ऐसी बात कहकर भगवान् महेश्वरने अपने मुखसे एक अद्भुत एवं भयंकर प्राणीको प्रकट किया, जो उनका हर्ष बढानेवाला था ॥ २९ ॥

तमुवाचाक्षिप मखं दक्षस्येति महेश्वरः ।
ततो वक्त्राद् विसृष्टेन सिंहेनैकेन लीलया ॥ ३० ॥
देव्या मन्युव्यपोहार्थं हतो दक्षस्य वै क्रतुः ।

महेश्वरने उस पुरुषको आज्ञा दी—'वीर ! तुम दक्षके यज्ञका नाश कर दो।' फिर तो भगवान्‌के मुखसे निकले हुए उस सिंहके समान पराक्रमी एक ही वीरने पार्वतीदेवीके दुःख और क्रोधका निवारण करनेके लिये खेल-ही-खेलमें प्रजापति दक्षके उस यज्ञका विध्वंस कर डाला ॥ ३०½ ॥

मन्युना च महाभीमा महाकाली महेश्वरी ॥ ३१ ॥
आत्मनः कर्मसाक्षित्वे तेन सार्धं सहानुगा ।

उस समय भवानीके क्रोधसे प्रकट हुई अत्यन्त भयानक रूपवाली महाकाली महेश्वरीने भी अपना पराक्रम दिखानेके लिये सेवकोंसहित उस वीरके साथ प्रस्थान किया था ॥ ३१½ ॥

देवस्यानुमतं मत्वा प्रणम्य शिरसा ततः ॥ ३२ ॥
आत्मनः सदृशः शौर्याद् बलरूपसमन्वितः ।
स एव भगवान् क्रोधः प्रतिरूपसमन्वितः ॥ ३३ ॥
अनन्तबलवीर्यश्च अनन्तबलपौरुषः ।
वीरभद्र इति ख्यातो देव्या मन्युप्रमार्जकः ॥ ३४ ॥

(वीरभद्रने किस प्रकार उस यज्ञका विध्वंस किया, यह

प्रसङ्ग आगे बताया जाता है—) महादेवजीकी अनुमति जानकर उसने [illegible] झुकाकर उन्हें प्रणाम किया। वह वीर अपने [illegible] शौर्य, रूप और बलसे सम्पन्न [illegible] (उसकी कहीं उपमा नहीं थी)। भगवान् शिवका वह [illegible] कुछ करनेमें समर्थ क्रोध ही मूर्तिमान् होकर उस वीरके रूपमें प्रकट हुआ था। उसके बल, वीर्य, शक्ति और पुरुषार्थका कहीं अन्त नहीं था। पार्वतीदेवीके क्रोध और खेदका निवारण करनेवाला [illegible] पुरुष वीरभद्रके नामसे विख्यात हुआ ॥ ३२—३४ ॥

सोऽसृजद् रोमकूपेभ्यो रौम्यान् नाम गणेश्वरान्।
रुद्रतुल्या गणा रौद्रा रुद्रवीर्यपराक्रमाः ॥ ३५ ॥

उसने अपने रोमकूपोंसे रौम्य नामवाले गणेश्वरोंको प्रकट किया, जो रुद्रके समान ही होनेके कारण रौद्रगण कहलाये। उन सबके बल-पराक्रम भी रुद्रके ही समान थे ॥ ३५ ॥

ते निपेतुस्ततस्तूर्णं दक्षयज्ञविहिंसया।
भीमरूपा महाकायाः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ ३६ ॥
ततः किलकिलाशब्दैराकाशं पूरयन्निव।

वे भयंकर रूपधारी विशालकाय रुद्रगण सैकड़ों और हजारोंकी टोलियाँ बनाकर अपनी किलकारियोंसे आकाशको गुँजाते हुए-से दक्षयज्ञका विध्वंस करनेके लिये बड़ी तेजीके साथ टूट पड़े ॥ ३६½ ॥

तेन शब्देन [illegible] त्रस्तास्तत्र दिवौकसः ॥ ३७ ॥
पर्वताश्च व्यशीर्यन्त चकम्पे च वसुंधरा।
मारुताश्चैव घूर्णन्ते चुक्षुभे वरुणालयः ॥ ३८ ॥

उस महाभयंकर कोलाहलसे उस यज्ञमें पधारे हुए समस्त देवता व्याकुल हो उठे। पर्वत टूक-टूक होकर बिखर गये। धरती डोलने लगी, आँधी चलने लगी और समुद्रमें तूफान [illegible] गया ॥ ३७-३८ ॥

अग्नयो नैव दीप्यन्ते नैव दीप्यति भास्करः।
ग्रहा नैव प्रकाशन्ते नक्षत्राणि न चन्द्रमाः ॥ ३९ ॥
ऋषयो [illegible] प्रकाशन्ते न देवा [illegible] च मानुषाः।
एवं तु तिमिरीभूते निर्दहन्त्यपमानिताः ॥ ४० ॥

उस [illegible] आग नहीं जलती थी, सूर्यका प्रकाश फीका [illegible] गया; ग्रह, नक्षत्र और चन्द्रमा भी निस्तेज हो गये। इस प्रकार वहाँ चारों ओर अँधेरा छा गया। देवता, ऋषि और मनुष्य—सभी छिप गये—कोई दिखायी नहीं देते थे। दक्षसे अपमानित [illegible] रुद्रगण यज्ञशालामें [illegible] ओर आग लगाने लगे ॥ ३९-४० ॥

प्रहरन्त्यपरे घोरा यूपानुत्पाटयन्ति च।
प्रमर्दन्ति [illegible] चान्ये विमर्दन्ति तथा परे ॥ ४१ ॥

दूसरे भयंकर भूत उसी यज्ञके सदस्योंको पीटने लगे। [illegible] यूप उखाड़ने लगे। बहुतेरे रुद्रगण यज्ञकी सामग्रीको कुचलने और रौंदने लगे ॥ ४१ ॥

आधावन्ति प्रधावन्ति वायुवेगा मनोजवाः।
चूर्ण्यन्ते यज्ञपात्राणि दिव्यान्याभरणानि च ॥ ४२ ॥

वायु और मनके समान वेगशाली कितने ही पार्षद इधर-उधर दौड़ लगाने लगे। कुछ लोग यज्ञके उपयोगमें आनेवाले पात्रों तथा दिव्य आभूषणोंको चूर चूर [illegible] रहे थे ॥

विशीर्यमाणा दृश्यन्ते [illegible] [illegible] नभस्तले।
दिव्यान्नपानभक्ष्याणां राशयः पर्वतोपमाः ॥ ४३ ॥

उनके बिखरकर गिरते हुए टुकड़े आकाशमें छिटके हुए तारोंके [illegible] दिखायी देते थे। [illegible] यज्ञभूमिमें जहाँ-तहाँ दिव्य अन्न, पान और भक्ष्य पदार्थोंके पर्वतों-जैसे ढेर दिखायी देते थे ॥ ४३ ॥

क्षीरनद्योऽथ दृश्यन्ते घृतपायसकर्दमाः।
दधिमण्डोदका दिव्याः खण्डशर्करवालुकाः ॥ ४४ ॥

दूधकी दिव्य नदियाँ वहाँ बहती दीखती थीं, घी और खीरकी कीच [illegible] गयी थी, दही और [illegible] पानीकी [illegible] बह रहे थे तथा खाँड और शक्कर वहाँ बालूकी भाँति बिछ गये थे ॥ ४४ ॥

षड् रसान् निवहन्त्येता गुडकुल्या मनोरमाः।
उच्चावचानि मांसानि भक्ष्याणि विविधानि च ॥ ४५ ॥

ये [illegible] नदियाँ षड्रस भोजन प्रवाहित कर रही थीं। गुड़के रसकी छोटी छोटी मनोरम नहरें दृष्टिगोचर होती थीं। [illegible] प्रकारके फलोंके गूदे और भाँति भाँतिके भक्ष्य-पदार्थ प्रस्तुत किये गये थे ॥ ४५ ॥

पानकानि च दिव्यानि लेह्यचोष्याणि यानि [illegible]।
भुञ्जते विविधैर्वक्त्रैर्विलुम्पन्त्याक्षिपन्ति च ॥ ४६ ॥

दिव्य पेय पदार्थ, लेह्य और चोष्य आदि जो-जो भोजन वहाँ उपलब्ध हुए, उन सबको वे रुद्रगण अपने विविध मुखोंद्वारा खाने, नष्ट करने और चारों ओर छींटने तथा फेंकने लगे ॥ ४६ ॥

रुद्रकोपान्महाकायाः कालाग्निसदृशोपमाः।
क्षोभयन् सुरसैन्यानि भीषयन्तः समन्ततः ॥ ४७ ॥

वे विशालकाय भूत रुद्रदेवके क्रोधसे कालाग्निके समान होकर देवताओंकी सेनाओंको चारों ओरसे डराने और क्षुब्ध करने लगे ॥ ४७ ॥

क्रीडन्ति विविधाकाराश्चिक्षिपुः सुरयोषितः।
रुद्रकोधात् प्रयत्नेन सर्वदेवैः सुरक्षितम् ॥ ४८ ॥
तं यज्ञमदहच्छीघ्रं रुद्रकर्मा समन्ततः।

अनेक प्रकारकी आकृतिवाले वे रुद्रगण खेलते-कूदते और देवाङ्गनाओंको दूर फेंक देते थे। यद्यपि सम्पूर्ण देवताओंने मिलकर प्रयत्नपूर्वक उस यज्ञकी [illegible] की थी तथापि रुद्रकर्मा वीरभद्रने रुद्रदेवके क्रोधसे प्रेरित हो [illegible] ओरसे शीघ्र ही उसे जलाकर [illegible] [illegible] दिया ॥ ४८½ ॥

चकार भैरवं नादं सर्वभूतभयंकरम् ॥ ४९ ॥
छित्त्वा शिरो वै यज्ञस्य ननाद च मुमोद च ।

तत्पश्चात् उसने ऐसी भीषण गर्जना की, जो समस्त प्राणियोंके मनमें भय उत्पन्न करनेवाली थी । फिर उसने यज्ञका सिर [illegible] बड़े जोरसे सिंहनाद किया और मन-ही-मन आनन्दका अनुभव किया ॥ ४९½ ॥

ततो ब्रह्मादयो देवा दक्षश्चैव प्रजापतिः ॥ ५० ॥
ऊचुः प्राञ्जलयः सर्वे कथ्यतां को भवानिति ।

तब ब्रह्मा आदि देवता तथा प्रजापति दक्ष—ये सब-के-सब हाथ जोड़कर बोले—'देवदेव ! कहिये, आप कौन हैं ?' ॥

वीरभद्र उवाच

नाहं रुद्रो न वा देवी नैव भोक्तुमिहागतः ॥ ५१ ॥
देव्या मन्युकृतं मत्वा क्रुद्धः सर्वात्मकः प्रभुः ।

वीरभद्रने कहा—ब्रह्मन् ! मैं [illegible] तो रुद्र हूँ, न देवी हूँ और न यहाँ भोजन करनेके लिये ही आया हूँ । तुम्हारा यह यज्ञ देवी पार्वतीके रोषका कारण बन गया है—ऐसा जानकर सर्वात्मा भगवान् शिव कुपित हो उठे हैं ॥ ५१½ ॥

द्रष्टुं वा नैव विप्रेन्द्रान् नैव कौतूहलेन वा ॥ ५२ ॥
तव यज्ञविघातार्थं सम्प्राप्तं विद्धि मामिह ।

मैं यहाँ आये हुए श्रेष्ठ ब्राह्मणोंका दर्शन करने या कौतूहलवश इस यज्ञका तमाशा देखनेके लिये नहीं आया हूँ । तुम्हें यह मालूम होना चाहिये कि मैं तुम्हारे इस यज्ञका विनाश करनेके लिये ही यहाँ आया हूँ ॥ ५२½ ॥

वीरभद्र इति ख्यातो रुद्रकोपाद् विनिःसृतः ॥ ५३ ॥
भद्रकालीति विख्याता देव्याः कोपाद् विनिःसृता ।
प्रेषितौ देवदेवेन यज्ञान्तिकमिहागतौ ॥ ५४ ॥

मेरा नाम वीरभद्र है । रुद्रदेवके क्रोधसे मेरा [illegible] हुआ है । यह नारी भद्रकालीके नामसे विख्यात है और देवी पार्वतीके कोपसे प्रकट हुई है । देवाधिदेव महादेवने हम दोनोंको यहाँ भेजा है । इसलिये हम दोनों इस यज्ञके निकट आये हैं ॥ ५३-५४ ॥

शरणं गच्छ विप्रेन्द्र देवदेवमुमापतिम् ।
वरं क्रोधोऽपि देवस्य वरदानं न चान्यतः ॥ ५५ ॥

विप्रवर ! तुम देवाधिदेव उमावल्लभ भगवान् शिवकी शरणमें जाओ । महादेवजीका क्रोध भी परम मङ्गलमय है और दूसरोंसे मिला हुआ वरदान भी मङ्गलकारक नहीं होता ॥

वीरभद्रवचः श्रुत्वा दक्षो धर्मभृतां वरः ।
तोषयामास स्तोत्रेण प्रणिपत्य महेश्वरम् ॥ ५६ ॥

वीरभद्रकी यह बात सुनकर धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ दक्षने भगवान् शिवके उद्देश्यसे प्रणाम करके निम्नाङ्कित स्तोत्रके द्वारा उनकी स्तुति की—॥ ५६ ॥

प्रपद्ये देवमीशानं शाश्वतं ध्रुवमव्ययम् ।
महादेवं महात्मानं विश्वस्य जगतः पतिम् ॥ ५७ ॥

'जो सम्पूर्ण जगत्के शासक, पालक, महान् आत्मा, नित्य, सनातन, अविकारी और आराध्यदेव हैं, उन महादेवजीकी [illegible] मैं शरण लेता हूँ' ॥ ५७ ॥

प्राणापानौ संनिरुध्य वक्त्रस्थानेन यत्नतः ।
विचार्य सर्वतो दृष्टिं बहुदृष्टिरमित्रजित् ॥ ५८ ॥
सहसा देवदेवेशो ह्यग्निकुण्डात् समुत्थितः ।
बिभ्रत्सूर्यसहस्रस्य तेजः संवर्तकोपमः ॥ ५९ ॥
स्मितं कृत्वाब्रवीद् वाक्यं ब्रूहि किं करवाणि ते ।

तब अनेक नेत्रोंवाले, शत्रुविजयी, महादेव अपने मुखके द्वारा यत्नपूर्वक प्राण और अपान वायुको अवरुद्ध करके सम्पूर्ण दिशाओंमें दृष्टिपात करते हुए सहसा अग्निकुण्डसे निकल पड़े । प्रलयकालीन अग्निके समान तेजस्वी स्वरूप [illegible] सहस्रों सूर्योंकी प्रभा धारण किये [illegible] दक्षके सामने खड़े हो गये और मुसकराकर बोले—'प्रजापते ! बोलो, मैं आज तुम्हारा कौन-सा कार्य सिद्ध करूँ' ॥ ५८-५९½ ॥

श्राविते च मखाध्याये देवानां गुरुणा ततः ॥ ६० ॥
तमुवाचाञ्जलिं कृत्वा दक्षो देवं प्रजापतिः ।
भीतशङ्कितवित्रस्तः सबाष्पवदनेक्षणः ॥ ६१ ॥
यदि प्रसन्नो भगवान् यदि चाहं भवत्प्रियः ।
यदि वाहमनुग्राह्यो यदि वा वरदो मम ॥ ६२ ॥
यद् दग्धं भक्षितं पीतमशितं यच्च नाशितम् ।
चूर्णीकृतापविद्धं च यज्ञसम्भारमीदृशम् ॥ ६३ ॥
दीर्घकालेन महता प्रयत्नेन सुसंचितम् ।
[illegible] मिथ्या भवेन्मह्यं वरमेतमहं वृणे ॥ ६४ ॥

उस समय देवगुरु बृहस्पतिने महादेवजीको वेदका मखाध्याय पढ़कर सुनाया । तत्पश्चात् प्रजापति दक्ष दोनों नेत्रोंसे आँसुओंकी धारा बहाते हुए हाथ जोड़कर भय और शङ्कासे सहमे हुए-से बोले—'भगवन् ! यदि आप मुझपर प्रसन्न हैं, यदि मैं आपका प्रिय हूँ, आपके अनुग्रहका पात्र हूँ अथवा यदि आप मुझे वर देनेको उद्यत हैं तो मैं यही वर माँगता हूँ कि मैंने दीर्घकालमें महान् प्रयत्न करके जो [illegible] यज्ञ-सम्भार जुटा रखा था, उसमेंसे जो जला दिया गया, खा-पी लिया गया, [illegible] किया गया अथवा चूर-चूर करके फेंक दिया गया, वह सब मेरे लिये व्यर्थ न हो' ॥ ६०—६४ ॥

तथास्त्वित्याह भगवान् भगनेत्रहरो हरः ।
धर्माध्यक्षो विरूपाक्षस्त्र्यक्षो देवः प्रजापतिः ॥ ६५ ॥

तब धर्मके अध्यक्ष, प्रजापालक, विरूपाक्ष, त्रिनेत्रधारी, भगनेत्रहारी देवेश्वर भगवान् हरने 'तथास्तु' कहकर दक्षको मनोवाञ्छित वर दे दिया ॥ ६५ ॥

जानुभ्यामवनीं गत्वा दक्षो लब्ध्वा भवाद् वरम् ।
नाम्नामष्टसहस्रेण स्तुतवान् वृषभध्वजम् ॥ ६६ ॥

दक्षके यज्ञमें शिवजीका प्राकट्य

महादेवजीसे वर पाकर दक्षने धरतीपर घुटने टेककर उन्हें प्रणाम किया और एक हजार आठ नामोंद्वारा उन भगवान् वृषभध्वजका स्तवन किया ॥ ६६ ॥

युधिष्ठिर उवाच

येर्नामधेयैः स्तुतवान् दक्षो देवं प्रजापतिः ।
वक्तुमर्हसि मे तात श्रोतुं [illegible] ममानघ ॥ ६७ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—तात ! निष्पाप पितामह ! प्रजापति दक्षने जिन नामोंद्वारा महादेवजीकी स्तुति की थी, उनका मुझसे वर्णन कीजिये । उन्हें सुननेके लिये मेरे हृदयमें बड़ी श्रद्धा है ॥ ६७ ॥

भीष्म उवाच

श्रूयतां देवदेवस्य नामान्यद्भुतकर्मणः ।
गूढव्रतस्य गुह्यानि प्रकाशानि च भारत ॥ ६८ ॥

भीष्मजी कहते हैं—भरतनन्दन ! अद्भुत कर्म करनेवाले गूढ व्रतधारी देवाधिदेव महादेवजीके कुछ नाम गोपनीय हैं और कुछ प्रकाशित हैं । तुम उन सबको सुनो ॥ ६८ ॥

नमस्ते देवदेवेश देवारिबलसूदन ।
देवेन्द्रबलविष्टम्भ देवदानवपूजित ॥ ६९ ॥

(दक्ष बोले)—देवदेवेश्वर ! आपको नमस्कार है । [illegible] देववैरी दानवोंकी सेनाके संहारक और देवराज इन्द्रकी शक्तिको भी स्तम्भित करनेवाले हैं । देवता और दानव—सबने आपकी पूजा की है ॥ ६९ ॥

सहस्राक्ष विरूपाक्ष त्र्यक्ष यक्षाधिपप्रिय ।
सर्वतःपाणिपादान्त सर्वतोऽक्षिशिरोमुख ॥ [illegible] ॥

आप सहस्रों नेत्रोंसे युक्त होनेके कारण सहस्राक्ष हैं । आपकी इन्द्रियाँ सबसे विलक्षण अर्थात् परोक्ष विषयको भी [illegible] करनेवाली हैं, इसलिये आपको विरूपाक्ष कहते हैं । आप त्रिनेत्रधारी होनेके कारण त्र्यक्ष कहलाते हैं । यक्षराज कुबेरके भी आप प्रिय (इष्टदेव) हैं । आपके सब ओर हाथ और पैर हैं [illegible] सब ओर नेत्र, [illegible] और [illegible] हैं ॥

सर्वतःश्रुतिमँल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठसि ।
शङ्कुकर्ण महाकर्ण कुम्भकर्णार्णवालय ॥ ७१ ॥
गजेन्द्रकर्ण गोकर्ण पाणिकर्ण नमोऽस्तु ते ।

आपके कान भी [illegible] ओर हैं । संसारमें जो कुछ है, सबको व्याप्त करके आप स्थित हैं । शङ्कुकर्ण, महाकर्ण, कुम्भकर्ण, अर्णवालय, गजेन्द्रकर्ण, गोकर्ण और पाणिकर्ण—ये सात पार्षद् आपके ही स्वरूप हैं । इन सबके रूपमें आपको नमस्कार है ॥ ७१½ ॥

शतोदर शतावर्त शतजिह्व नमोऽस्तु ते ॥ ७२ ॥
गायन्ति त्वा गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः ।
ब्रह्माणं त्वा शतक्रतुमूर्ध्वं खमिव मेनिरे ॥ ७३ ॥

आपके सैकड़ों उदर, सैकड़ों आवर्त और सैकड़ों जिह्वाएँ होनेके कारण आप क्रमशः शतोदर, शतावर्त और शतजिह्व नामसे प्रसिद्ध हैं । आपको प्रणाम है । गायत्री-मन्त्रका जप करनेवाले द्विज आपकी ही महिमाका गान करते हैं और सूर्योपासक सूर्यके रूपमें आपकी ही आराधना करते हैं । ऋषिगण आपको ही [illegible] शतक्रतु इन्द्र और आकाशके [illegible] सर्वोच्च पद मानते हैं ॥ ७२-७३ ॥

मूर्तौ हि ते महामूर्ते समुद्राम्बरसंनिभ ।
सर्वा वै देवता ह्यस्मिन् गावो गोष्ठ इवासते ॥ [illegible] ॥

समुद्र और आकाशके समान अपार, अनन्त रूप धारण करनेवाले महामूर्तिधारी महेश्वर ! जैसे गोशालामें गौएँ निवास करती हैं, उसी प्रकार आपकी भूमि, जल, वायु, अग्नि, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा एवं यजमानरूप [illegible] प्रकारकी मूर्तियोंमें सम्पूर्ण देवताओंका निवास है ॥ ७४ ॥

भवच्छरीरे पश्यामि सोममग्निं जलेश्वरम् ।
आदित्यमथ वै विष्णुं ब्रह्माणं च बृहस्पतिम् ॥ ७५ ॥

मैं आपके शरीरमें सोम, अग्नि, वरुण, सूर्य, विष्णु, [illegible] तथा बृहस्पतिको भी देख रहा हूँ ॥ ७५ ॥

भगवान् कारणं कार्यं क्रिया करणमेव च ।
असतश्च सतश्चैव तथैव प्रभवाप्ययौ ॥ ७६ ॥

[illegible] ही कारण, कार्य, क्रिया ([illegible]) और [illegible] हैं । सत् और असत् पदार्थोंकी उत्पत्ति और प्रलयके स्थान भी [illegible] ही हैं ॥ ७६ ॥

नमो भवाय शर्वाय रुद्राय वरदाय च ।
पशूनां पतये नित्यं नमोऽस्त्वन्धकघातिने ॥ ७७ ॥

आप सबके उद्भवका स्थान होनेसे भव, संहार करनेके [illegible] शर्व, 'रु' अर्थात् पाप एवं दुःखको दूर करनेसे रुद्र, वरदाता होनेसे वरद तथा पशुओं (जीवों) के पालक होनेके कारण सदा पशुपति कहलाते हैं । आपने ही अन्धकासुरका वध किया है, इसलिये आपका नाम अन्धकघाती है । आपको बारंबार नमस्कार है ॥ [illegible] ॥

त्रिजटाय त्रिशीर्षाय त्रिशूलवरपाणिने ।
त्र्यम्बकाय त्रिनेत्राय त्रिपुरघ्नाय वै नमः ॥ ७८ ॥

आप तीन [illegible] और तीन [illegible] धारण करनेवाले हैं । आपके हाथमें श्रेष्ठ त्रिशूल शोभा पाता है । [illegible] त्र्यम्बक, त्रिनेत्रधारी तथा त्रिपुरासुरका विनाश करनेवाले हैं । आपको नमस्कार है ॥ ७८ ॥

नमश्चण्डाय कुण्डाय अण्डायाण्डधराय च ।
दण्डिने समकर्णाय दण्डिमुण्डाय वै नमः ॥ ७९ ॥

आप दुष्टोंपर अत्यन्त क्रोध करनेके कारण चण्ड हैं । कुण्डमें जलकी भाँति आपके उदरमें सम्पूर्ण जगत् स्थित है,

इसलिये आपको कुण्ड कहते हैं। आप अण्ड (ब्रह्माण्ड-स्वरूप) और अण्डधर (ब्रह्माण्डको धारण करनेवाले) हैं। आप दण्डधारी (सबको दण्ड देनेवाले) और समकर्ण (सबकी समान रूपसे सुननेवाले) हैं। दण्डधारण करके मूँड़ मुँड़ानेवाले संन्यासी भी आपके ही स्वरूप हैं, इसलिये आपका नाम दण्डिमुण्ड है। आपको नमस्कार है ॥ ७९ ॥

नमोर्ध्वदंष्ट्रकेशाय शुक्लायावतताय च।
विलोहिताय धूम्राय नीलग्रीवाय [illegible] नमः ॥ ८० ॥

आपकी दाढ़ें बड़ी-बड़ी और सिरके बाल ऊपरकी ओर उठे हुए हैं, इसलिये आप ऊर्ध्वदंष्ट्र तथा ऊर्ध्वकेश कहलाते हैं। आप ही शुक्ल (विशुद्ध ब्रह्म) और आप ही अवतत (जगत्‌के रूपमें विस्तृत) हैं। आप रजोगुणको अपनानेपर विलोहित और तमोगुणका [illegible] लेनेपर धूम्र कहलाते हैं। आपकी ग्रीवामें नीले रंगका चिह्न है, इसलिये आपको नीलग्रीव कहते हैं। आपको नमस्कार है ॥ ८० ॥

नमोऽस्त्वप्रतिरूपाय विरूपाय शिवाय च।
सूर्याय सूर्यमालाय सूर्यध्वजपताकिने ॥ ८१ ॥

आपके रूपकी कहीं भी समता नहीं है, इसलिये [illegible] अप्रतिरूप हैं। विविध रूप धारण करनेके कारण [illegible] नाम विरूप है। आप ही परम कल्याणकारी शिव हैं। [illegible] ही सूर्य हैं, आप ही सूर्यमण्डलके भीतर सुशोभित होते हैं। आप अपनी ध्वजा और पताकापर सूर्यका चिह्न धारण करते हैं। आपको नमस्कार है ॥ ८१ ॥

[illegible] प्रमथनाथाय वृषस्कन्धाय धन्विने।
शत्रुदमाय दण्डाय पर्णचीरपटाय च ॥ ८२ ॥

आप प्रमथगणोंके अधीश्वर हैं। वृषभके कंधोंके [illegible] आपके कंधे भरे हुए हैं। आप पिनाक धनुष धारण करते हैं। शत्रुओंका दमन करनेवाले और दण्डस्वरूप हैं। किरात या तपस्वीके रूपमें विचरते [illegible] [illegible] भोजपत्र और वल्कल-वस्त्र धारण करते हैं। आपको नमस्कार है ॥ ८२ ॥

नमो हिरण्यगर्भाय हिरण्यकवचाय च।
हिरण्यकृतचूडाय हिरण्यपतये [illegible] ॥ ८३ ॥

हिरण्य (सुवर्ण) को [illegible] करनेके कारण हिरण्यगर्भ कहलाते हैं। सुवर्णके ही कवच और मुकुट धारण करनेसे आपको हिरण्यकवच और हिरण्यचूड [illegible] गया है। आप सुवर्णके अधिपति हैं। आपको सादर नमस्कार है ॥

नमः स्तुताय स्तुत्याय स्तूयमानाय वै नमः।
सर्वाय सर्वभक्षाय सर्वभूतान्तरात्मने ॥ ८४ ॥

जिनकी स्तुति हो चुकी है, वे आप [illegible]। जो स्तुतिके योग्य हैं, वे भी आप हैं और जिनकी स्तुति हो रही है, वे भी [illegible] ही हैं। आप सर्वस्वरूप, सर्वभक्षी और सम्पूर्ण भूतोंके अन्तरात्मा हैं। आपको बारंबार नमस्कार है ॥ ८४ ॥

नमो होत्रेऽथ मन्त्राय शुक्लध्वजपताकिने।
नमो नाभाय नाभ्याय नमः कटकटाय च ॥ ८५ ॥

आप ही होता और मन्त्र हैं। आपको नमस्कार है। आपकी ध्वजा और पताकाका रंग श्वेत है। आपको नमस्कार है। आप नाभ (नाभिमें सम्पूर्ण जगत्‌को धारण करनेवाले), नाभ्य (संसार-चक्रके नाभि-स्थान) तथा कट-कट (आवरणके भी आवरण) हैं। आपको नमस्कार है ॥ ८५ ॥

नमोऽस्तु कृशनासाय कृशाङ्गाय कृशाय च।
संहृष्टाय विहृष्टाय नमः किलकिलाय च ॥ ८६ ॥

आपकी नासिका कृश (पतली) है, इसलिये आप कृशनास कहलाते हैं। आपके अवयव कृश होनेसे आपको कृशाङ्ग तथा शरीर दुबला होनेसे कृश कहते हैं। आप अत्यन्त हर्षोल्लाससे परिपूर्ण, विशेष हर्षका अनुभव करनेवाले और हर्षकी किल-किल ध्वनि हैं। आपको नमस्कार है ॥ ८६ ॥

नमोऽस्तु शयमानाय शयितायोत्थिताय च।
स्थिताय धावमानाय मुण्डाय जटिलाय च ॥ ८७ ॥

आप [illegible] प्राणियोंके भीतर शयन करनेवाले अन्तर्यामी पुरुष हैं। प्रलयकालमें योगनिद्राका आश्रय लेकर सोते और सृष्टिके प्रारम्भकालमें [illegible] निद्रासे जागते हैं। [illegible] ब्रह्म रूपसे सर्वत्र स्थित और कालरूपसे [illegible] दौड़नेवाले हैं। मूँड़ मुँड़ानेवाले संन्यासी और जटाधारी तपस्वी भी आपके ही स्वरूप हैं। आपको नमस्कार है ॥ ८७ ॥

नमो नर्तनशीलाय मुखवादित्रवादिने।
नाद्योपहारलुब्धाय गीतवादित्रशालिने ॥ ८८ ॥

आपका ताण्डव-नृत्य बराबर चलता रहता है। आप मुखसे शृङ्गी आदि बाजे बजानेमें कुशल हैं। कमलपुष्पकी भेंट लेनेके लिये [illegible] उत्सुक रहते हैं। गाने और बजानेकी कलामें तत्पर रहकर आप बड़ी शोभा पाते हैं। आपको [illegible] है ॥ ८८ ॥

नमो ज्येष्ठाय श्रेष्ठाय बलप्रमथनाय च।
कालनाथाय कल्याय क्षयायोपक्षयाय च ॥ ८९ ॥

आप अवस्थामें सबसे ज्येष्ठ और गुणोंमें भी सबसे श्रेष्ठ हैं। आपने बल नामक दैत्यको इन्द्ररूपसे मथ डाला था। आप कालके भी नियन्ता और सर्वशक्तिमान् हैं। महाप्रलय और अवान्तर-प्रलय भी आप [illegible] हैं। आपको नमस्कार है ॥

भीमदुन्दुभिहासाय भीमव्रतधराय च।
[illegible] [illegible] नमो नित्यं नमोऽस्तु दशबाहवे ॥ ९० ॥

प्रभो ! आपका अट्टहास भयंकर शब्द करनेवाली दुन्दुभिके [illegible] जान पड़ता है। आप भीषण व्रतको धारण करनेवाले हैं। दस भुजाओंसे सुशोभित होनेवाले उमापतिरूपधारी आपको मेरा नित्य बारंबार नमस्कार है ॥ ९० ॥

आप ही अन्नदाता, अन्नपति और अन्नके भोक्ता हैं। आपके सहस्रों मस्तक और सहस्रों चरण हैं। आपको बारंबार प्रणाम है ॥ १०३ ॥

सहस्रोद्यतशूलाय सहस्रनयनाय च।
नमो बालार्कवर्णाय बालरूपधराय [illegible] ॥१०४॥

आप अपने सहस्रों हाथोंमें सहस्रों शूल लिये रहते हैं। आपके सहस्रों नेत्र हैं। आपकी अङ्गकान्ति प्रातःकालीन सूर्यके समान देदीप्यमान है। आप बालरूप धारण करनेवाले हैं। आपको नमस्कार है ॥ १०४ ॥

बालानुचरगोप्त्राय बालक्रीडनकाय च।
नमो वृद्धाय लुब्धाय क्षुब्धाय क्षोभणाय च ॥१०५॥

आप श्रीकृष्णरूपसे संगी-साथी बालकोंके रक्षक [illegible] बालकोंके साथ खेल करनेवाले हैं। आप सबकी अपेक्षा वृद्ध हैं। भक्ति और प्रेमके लोभी हैं। दुष्टोंके पापाचारसे क्षुब्ध हो उठते हैं और दुराचारियोंको क्षोभमें डालनेवाले हैं। आपको नमस्कार है ॥ १०५ ॥

तरङ्गाङ्कितकेशाय मुञ्जकेशाय वै नमः।
[illegible] षट्कर्मतुष्टाय त्रिकर्मनिरताय च ॥१०६॥

आपके केश गङ्गाके तरङ्गोंसे अङ्कित तथा मुञ्जके [illegible] हैं। आपको नमस्कार है। आप ब्राह्मणोंकेछः कर्म--अध्ययन-अध्यापन, यजन-याजन तथा दान और प्रतिग्रहसे संतुष्ट रहते हैं; स्वयं यजन, अध्ययन और दानरूप तीन कर्मोंमें ही तत्पर रहते हैं। आपको मेरा प्रणाम है ॥ १०६ ॥

वर्णाश्रमाणां विधिवत् पृथक्कर्मनिवर्तिने।
नमो घुष्याय घोषाय नमः [illegible] च ॥१०७॥

आप वर्ण और आश्रमोंके भिन्न-भिन्न कर्मोंका विधिवत् विभाग करनेवाले, जपनीय मन्त्ररूप, घोषस्वरूप तथा कोलाहलमय हैं। आपको बारंबार नमस्कार है ॥ १०७ ॥

श्वेतपिङ्गलनेत्राय कृष्णरक्तेक्षणाय च।
[illegible] दण्डाय स्फोटनाय कृशाय च ॥१०८॥

आपके नेत्र श्वेत और पिङ्गलवर्णके हैं, काले और [illegible] रंगके हैं। आप प्राणवायु ([illegible]) को जीतनेवाले, दण्ड (आयुध) रूप, ब्रह्माण्डरूपी घटको फोड़नेवाले [illegible] कृश-शरीरधारी हैं। आपको नमस्कार है ॥ १०८ ॥

धर्मकामार्थमोक्षाणां कथनीयकथाय च।
सांख्याय सांख्यमुख्याय सांख्ययोगप्रवर्तिने ॥१०९॥

धर्म, अर्थ, [illegible] [illegible] मोक्ष देनेके विषयमें आपकी कीर्तिकथा वर्णन करनेके योग्य है। आप सांख्यस्वरूप, सांख्ययोगियोंमें प्रधान तथा सांख्यशास्त्रको प्रवृत्त करनेवाले हैं। आपको प्रणाम है ॥ १०९ ॥

नमो रथ्यविरथ्याय चतुष्पथरथाय च।
कृष्णाजिनोत्तरीयाय व्यालयज्ञोपवीतिने ॥११०॥

आप रथपर बैठकर तथा बिना रथके भी घूमनेवाले हैं। जल, अग्नि, वायु तथा आकाश--इन चारों मार्गोंमें आपकी गति है। आप काले मृगचर्मको दुपट्टेकी भाँति ओढ़नेवाले तथा सर्पमय यज्ञोपवीत धारण करनेवाले हैं। आपको [illegible] है ॥ ११० ॥

ईशान वज्रसंघात हरिकेश नमोऽस्तु ते।
त्र्यम्बकाम्बिकनाथाय व्यक्ताव्यक्त नमोऽस्तु ते ॥१११॥

ईशान ! आपका शरीर वज्रके समान कठोर है। हरिकेश ! आपको नमस्कार है। व्यक्ताव्यक्तस्वरूप परमेश्वर ! आप त्रिनेत्रधारी तथा अम्बिकाके स्वामी हैं। आपको नमस्कार है ॥ १११ ॥

काम कामद कामघ्न तृप्तातृप्तविचारिणे।
सर्व सर्वद सर्वघ्न संध्याराग नमोऽस्तु ते ॥११२॥

आप कामस्वरूप, कामनाओंको पूर्ण करनेवाले, कामदेवके नाशक, तृप्त और अतृप्तका विचार करनेवाले, सर्वस्वरूप, सब कुछ देनेवाले, सबके संहारक और संध्याकालके समान रंगवाले हैं। आपको प्रणाम है ॥ ११२ ॥

[illegible] महाबाहो महासत्त्व महाद्युते।
महामेघचयप्रख्य महाकाल नमोऽस्तु ते ॥११३॥

महाबल ! महाबाहो ! महासत्त्व ! महाद्युते ! आप महान् मेघोंकी घटाके समान रंगवाले महाकालस्वरूप हैं। आपको नमस्कार है ॥ ११३ ॥

स्थूल जीर्णाङ्ग जटिले वल्कलाजिनधारिणे।
दीप्तसूर्याग्निजटिले वल्कलाजिनवाससे।
सहस्रसूर्यप्रतिम तपोनित्य नमोऽस्तु ते ॥११४॥

आपका श्रीविग्रह स्थूल और जीर्ण है। आप जटाधारी हैं। वल्कल और मृगचर्म धारण करते हैं। देदीप्यमान सूर्य और अग्निके समान ज्योतिर्मयी जटासे सुशोभित हैं। वल्कल और मृगचर्म ही आपके वस्त्र हैं। आप सहस्रों सूर्योंके समान प्रकाशमान और सदा तपस्यामें संलग्न रहनेवाले हैं। आपको नमस्कार है ॥ ११४ ॥

उन्मादन शतावर्त गङ्गातोयार्द्रमूर्धज।
चन्द्रावर्त युगावर्त मेघावर्त नमोऽस्तु ते ॥११५॥

आप जगत्को उन्माद (मोह) में डालनेवाले हैं। आपके मस्तकपर गङ्गाजीकी सैकड़ों लहरें और भँवरें उठती रहती हैं। आपके केश सदा गङ्गाजलसे भीगे रहते हैं। आप ही चन्द्रमाको क्षय-वृद्धिके चक्करमें डालनेवाले हैं। आप ही युगोंकी पुनरावृत्ति करनेवाले और मेघोंके प्रवर्तक हैं। आपको नमस्कार है ॥ ११५ ॥

त्वमन्नमन्नभोक्ता च अन्नदोऽन्नभुगेव च।

अन्नस्रष्टा [illegible] पक्ता च पक्वभुक्पवनोऽनलः ॥११६॥

[illegible] अन्न, अन्नके भोक्ता, अन्नदाता, [illegible] पालन करनेवाले, अन्नस्रष्टा, [illegible] पक्वान्नभोजी, प्राण-[illegible] जठरानलरूप हैं ॥ ११६ ॥

जरायुजाण्डजाश्चैव स्वेदजाश्च तथोद्भिजाः ।
त्वमेव देवदेवेश भूतग्रामश्चतुर्विधः ॥११७॥

देवदेवेश्वर ! जरायुज, अण्डज, स्वेदज तथा उद्भिज—ये चार प्रकारके प्राणिसमूह आप ही है ॥ ११७ ॥

चराचरस्य [illegible] त्वं प्रतिहर्ता तथैव च ।
त्वामाहुर्ब्रह्मविदुषो ब्रह्म ब्रह्मविदां [illegible] ॥११८॥

ब्रह्मवेत्ताओंमें श्रेष्ठ ! [illegible] ही चराचर जीवोंकी सृष्टि तथा संहार करनेवाले हैं । ब्रह्मज्ञानी पुरुष आपहीको ब्रह्म कहते हैं ॥ ११८ ॥

[illegible] परमा योनिः खं वायुर्ज्योतिषां निधिः ।
ऋक्सामानि तथोङ्कारमाहुस्त्वां ब्रह्मवादिनः ॥११९॥

वेदवादी विद्वान् आपको ही मनका परम कारण, [illegible] वायु, तेजकी निधि, ऋक्, [illegible] ॐकार बताते हैं ॥ ११९ ॥

हायिहायिहुवाहायिहाहुवायि तथासकृत् ।
गायन्ति त्वां सुरश्रेष्ठ सामगा ब्रह्मवादिनः ॥१२०॥

सुरश्रेष्ठ ! सामगान करनेवाले वेदवेत्ता पुरुष [illegible] ३ यि, हा ३ यि, हु ३ वा, हा ३ यि, हा ३ हु, [illegible] यि' आदिका बारबार उच्चारण करके निरन्तर आपकी ही महिमाका गान करते हैं ॥ १२० ॥

यजुर्मयो [illegible] त्वमाहुतिमयस्तथा ।
पठ्यसे स्तुतिभिश्चैव वेदोपनिषदां गणैः ॥१२१॥

यजुर्वेद और ऋग्वेद आपके ही स्वरूप हैं । आप ही हविष्य हैं । वेदों और उपनिषदोंके समूह अपनी स्तुतियोंद्वारा आपकी ही महिमाका प्रतिपादन करते हैं ॥ १२१ ॥

[illegible] क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा वर्णावराश्च ये ।
त्वमेव मेघसंघाश्च विद्युतस्तनितगर्जितः ॥१२२॥

[illegible] क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा अन्त्यज—ये आपके ही स्वरूप हैं । मेघोंकी घटा, बिजली, गर्जना और गड़गड़ाहट भी आप ही हैं ॥ १२२ ॥

संवत्सरस्त्वमृतवो मासो मासार्धमेव च ।
युगं निमेषाः [illegible] नक्षत्राणि ग्रहाः [illegible] ॥१२३॥

[illegible] ऋतु, मास, पक्ष, युग, निमेष, काष्ठा, नक्षत्र, ग्रह और [illegible] भी आप ही हैं ॥ १२३ ॥

वृक्षाणां ककुदोऽसि त्वं गिरीणां शिखराणि च ।
व्याघ्रो मृगाणां पततां तार्क्ष्योऽनन्तश्च भोगिनाम् ॥१२४॥

वृक्षोंमें प्रधान वट-पीपल आदि, पर्वतोंमें उनके शिखर, वन-जन्तुओंमें व्याघ्र, पक्षियोंमें [illegible] तथा सर्पोंमें अनन्त [illegible] ही हैं ॥ १२४ ॥

क्षीरोदो ह्युदधीनां च यन्त्राणां धनुरेव च ।
वज्रः प्रहरणानां च व्रतानां सत्यमेव च ॥१२५॥

समुद्रोंमें क्षीरसागर, यन्त्रों (अस्त्रों) में धनुष, चलाये जानेवाले आयुधोंमें [illegible] और व्रतोंमें [illegible] भी आप ही हैं ॥

त्वमेव द्वेष इच्छा च रागो मोहः क्षमाक्षमे ।
व्यवसायो धृतिर्लोभः कामक्रोधौ जयाजयौ ॥१२६॥

आप ही द्वेष, इच्छा, राग, मोह, [illegible] अक्षमा, व्यवसाय, धैर्य, लोभ, काम, क्रोध, [illegible] पराजय हैं ॥

त्वं गदी त्वं शरी चापी खट्वाङ्गी झर्झरी तथा ।
छेत्ता भेत्ता प्रहर्ता त्वं नेता मन्ता पिता मतः ॥१२७॥

आप गदा, बाण, धनुष, [illegible] अङ्ग तथा झर्झर [illegible] करनेवाले हैं । आप छेदन, भेदन और प्रहार करनेवाले हैं । सत्पथपर ले जानेवाले, शुभका मनन करनेवाले [illegible] पिता माने गये हैं ॥ १२७ ॥

दशलक्षणसंयुक्तो धर्मोऽर्थः काम एव च ।
[illegible] समुद्राः सरितः पल्वलानि सरांसि [illegible] ॥१२८॥
लता वल्ल्यस्तृणौषध्यः पशवो मृगपक्षिणः ।
द्रव्यकर्मसमारम्भः कालः पुष्पफलप्रदः ॥१२९॥

दस लक्षणोंवाला धर्म तथा अर्थ और काम भी आप ही हैं । गङ्गा, समुद्र, नदियाँ, गड्ढे, तालाब, लता, वल्ली, तृण, ओषधि, पशु, मृग, पक्षी, द्रव्य और कर्मोंके आरम्भ तथा फूल और [illegible] देनेवाला [illegible] भी [illegible] ही हैं ॥१२८-१२९॥

आदिश्चान्तश्च देवानां गायत्र्योंकार [illegible] च ।
हरितो रोहितो नीलः कृष्णो रक्तस्तथारुणः ।
कद्रुश्च कपिलश्चैव कपोतो मेचकस्तथा ॥१३०॥

आप देवताओंके आदि और अन्त हैं । गायत्री-मन्त्र और ॐकार भी आप ही हैं । हरित, लोहित, नील, [illegible] रक्त, अरुण, कद्रु, कपिल, कबूतरके समान तथा मेचक (श्याम मेघके समान)—ये दस प्रकारके रंग भी आपके ही स्वरूप हैं ॥ १३० ॥

अवर्णश्च सुवर्णश्च वर्णकारो घनोपमः ।
सुवर्णनामा [illegible] तथा सुवर्णप्रिय एव च ॥१३१॥

आप वर्णरहित होनेके [illegible] अवर्ण और अच्छे वर्णवाले होनेसे सुवर्ण कहलाते हैं । आप वर्णोंके निर्माता और मेघके समान हैं । आपके नाममें सुन्दर वर्णों (अक्षरों) [illegible] उपयोग हुआ है, इसलिये [illegible] सुवर्णनामा हैं तथा आपको श्रेष्ठ वर्ण प्रिय है ॥ १३१ ॥

त्वमिन्द्रश्च यमश्चैव वरुणो धनदोऽनलः ।
उपप्लवश्चित्रभानुः स्वर्भानुर्भानुरेव च ॥१३२॥

आप ही इन्द्र, यम, वरुण, कुबेर, अग्नि, सूर्य-चन्द्र-का ग्रहण, चित्रभानु (सूर्य), राहु और भानु हैं ॥१३२॥

होत्रं होता च होम्यं च हुतं चैव [illegible] प्रभुः ।
त्रिसौपर्णं तथा [illegible] यजुषां शतरुद्रियम् ॥१३३॥

होत्र (स्रुवा), होता, हवनीय पदार्थ, हवन-क्रिया [illegible] (उसके फल देनेवाले) परमेश्वर भी आप ही हैं । वेदकी त्रिसौपर्ण नामक श्रुतियोंमें तथा यजुर्वेदके शतरुद्रिय-प्रकरणमें जो बहुत-से वैदिक नाम हैं, वे सब आपहीके नाम हैं ॥१३३॥

पवित्रं च पवित्राणां मङ्गलानां च मङ्गलम् ।
गिरिको हिंडुको वृक्षो जीवः पुद्गल एव च ॥१३४॥
प्राणः सत्त्वं रजश्चैव तमश्चाप्रमदस्तथा ।
प्राणोऽपानः [illegible] उदानो व्यान एव च ॥१३५॥
उन्मेषश्च निमेषश्च क्षुतं जृम्भितमेव च ।
लोहितान्तर्गता दृष्टिर्महावक्त्रो महोदरः ॥१३६॥

आप पवित्रोंके भी पवित्र और मङ्गलोंके भी मङ्गल हैं । आप ही गिरिक (अचेतनको भी चेतन करनेवाले), हिंडुक (गमनागमन करनेवाले), संसार-वृक्ष, जीव, शरीर, प्राण, सत्त्व, रज, तम, अप्रमद (स्त्रीरहित—ऊर्ध्वरेता), प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, उन्मेष, निमेष (आँखोंका खोलना-मींचना), छींकना और जँभाई लेना आदि चेष्टाएँ भी आप ही हैं । आपकी अग्निमयी [illegible] रंगकी दृष्टि भीतर छिपी हुई है । आपके मुख और उदर महान् हैं ॥

सूचीरोमा हरिश्मश्रुरूर्ध्वकेशश्चलाचलः ।
गीतवादित्रतत्त्वज्ञो गीतवादनकप्रियः ॥१३७॥

रोएँ सूईके समान हैं । दाढ़ी-मूछ काली है । सिरके [illegible] ऊपरकी ओर उठे हुए हैं । आप चराचर-स्वरूप हैं । गाने-बजानेके तत्त्वको जाननेवाले हैं । गाना-बजाना आपको अधिक प्रिय है ॥ १३७ ॥

मत्स्यो जलचरो जाल्योऽकलः केलिकलः कलिः ।
अकालश्चातिकालश्च दुष्कालः काल [illegible] च ॥१३८॥

[illegible] मत्स्य, [illegible] और जालधारी घड़ियाल हैं । फिर भी [illegible] (बन्धनसे परे) हैं । आप केलिकलासे युक्त और कलहरूप हैं । आप ही अकाल, अतिकाल, दुष्काल [illegible] काल हैं ॥ १३८ ॥

मृत्युः क्षुरश्च कृत्यश्च पक्षोऽपक्षक्षयंकरः ।
मेघकालो महादंष्ट्रः संवर्तकबलाहकः ॥१३९॥

मृत्यु, क्षुर (छेदन करनेका शस्त्र), कृत्य (छेदन करने योग्य), [illegible] (मित्र) तथा अपक्ष-क्षयंकर (शत्रुपक्षका नाश करनेवाले) भी आप [illegible] हैं । आप मेघके समान काले, बड़ी-बड़ी दाढ़ोंवाले और प्रलयकालीन मेघ हैं ॥ १३९ ॥

घण्टोऽघण्टो घटी घण्टी चरुचेली मिलीमिली ।
ब्रह्मकायिकमग्नीनां दण्डी मुण्डस्त्रिदण्डधृक् ॥१४०॥

घण्ट (प्रकाशवान्), अघण्ट (अत्यन्त प्रकाशवान्), घटी (कर्मफलसे युक्त करनेवाले), घण्टी (घण्टावाले), चरुचेली (जीवोंके साथ क्रीडा करनेवाले) तथा मिलीमिली (कारणरूपसे सबमें व्याप्त)—ये सब आप ही हैं । आप ही [illegible] अग्नियोंके स्वरूप, दण्डी, मुण्ड तथा त्रिदण्डधारी हैं ।

चतुर्युगश्चतुर्वेदश्चातुर्होत्रप्रवर्तकः ।
चातुराश्रम्यनेता [illegible] चातुर्वर्ण्यकरश्च यः ॥१४१॥

चार युग और चार वेद आपके ही स्वरूप हैं तथा चार प्रकारके होतृ-कर्मोंके प्रवर्तक आप ही हैं । आप चारों आश्रमोंके नेता तथा चारों वर्णोंकी सृष्टि करनेवाले हैं ॥ १४१ ॥

सदा चाक्षप्रियो धूर्तो गणाध्यक्षो गणाधिपः ।
रक्तमाल्याम्बरधरो गिरिशो गिरिकप्रियः ॥१४२॥

आप ही अक्षप्रिय, धूर्त, गणाध्यक्ष और गणाधिप आदि नामोंसे प्रसिद्ध हैं । आप रक्त [illegible] तथा लाल फूलोंकी माला पहनते हैं, पर्वतपर शयन करते और गेरुए वस्त्रसे प्रेम रखते हैं ॥ १४२ ॥

शिल्पिकः शिल्पिनां श्रेष्ठः सर्वशिल्पप्रवर्तकः ।
भगनेत्राङ्कुशश्चण्डः पूष्णो दन्तविनाशनः ॥१४३॥

आप ही शिल्पियोंमें सर्वश्रेष्ठ शिल्पी (कारीगर) तथा [illegible] प्रकारकी शिल्पकलाके प्रवर्तक हैं । आप भगदेवताकी आँख फोड़नेके लिये अङ्कुश, [illegible] (अत्यन्त कोप करनेवाले) और पूषाके दाँत नष्ट करनेवाले हैं ॥ १४३ ॥

स्वाहा [illegible] वषट्कारो नमस्कारो नमो नमः ।
गूढव्रतो गुह्यतपास्तारकस्तारकामयः ॥१४४॥

स्वाहा, स्वधा, वषट्, नमस्कार और नमो नमः आदि पद आपके ही नाम हैं । आप गूढ व्रतधारी, गुप्त तपस्या करनेवाले, तारकमन्त्र और ताराओंसे भरे हुए आकाश हैं ॥ १४४ ॥

धाता विधाता संधाता विधाता धारणोऽधरः ।
[illegible] [illegible] सत्यं च ब्रह्मचर्यमथार्जवम् ॥१४५॥
भूतात्मा भूतकृद्भूतो भूतभव्यभवोद्भवः ।
भूर्भुवः स्वरितश्चैव ध्रुवो दान्तो महेश्वरः ॥१४६॥

धाता (धारण करनेवाले), विधाता (सृष्टि करनेवाले), संधाता (जोड़नेवाले), विधाता, धारण और अधर (आधाररहित) भी आपहीके नाम हैं । आप ब्रह्म, तप, सत्य, ब्रह्मचर्य, आर्जव (सरलता), भूतात्मा (प्राणियोंके आत्मा), भूतोंकी सृष्टि करनेवाले, भूत (नित्यसिद्ध), भूत, भविष्य और वर्तमानकी उत्पत्तिके कारण, भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, ध्रुव (स्थिर), दान्त (दमनशील) और महेश्वर हैं ॥ १४५-१४६ ॥

दीक्षितोऽदीक्षितः क्षान्तो दुर्दान्तोऽदान्तनाशनः ।
चन्द्रावर्तो युगावर्तः संवर्तः सम्प्रवर्तकः ॥१४७॥

दीक्षित (यज्ञकी दीक्षा लेनेवाले), अदीक्षित, क्षमावान्, दुर्दान्त, उद्दण्ड प्राणियोंका नाश करनेवाले, चन्द्रमाकी आवृत्ति करनेवाले ([illegible]), युगोंकी आवृत्ति करनेवाले (कल्प), संवर्त ([illegible]) तथा सम्प्रवर्तक (पुनः सृष्टि-सञ्चालन करनेवाले) भी आप ही हैं ॥१४७॥

कामो बिन्दुरणुः स्थूलः कर्णिकारस्रजप्रियः ।
नन्दीमुखो भीममुखः सुमुखो दुर्मुखोऽमुखः ॥१४८॥
चतुर्मुखो बहुमुखो रणेष्वग्निमुखस्तथा ।
हिरण्यगर्भः शकुनिर्महोरगपतिर्विराट् ॥१४९॥

[illegible] ही काम, बिन्दु, अणु ([illegible]) और स्थूलरूप हैं । आप कनेरके फूलकी माला अधिक पसंद करते हैं । आप ही नन्दीमुख, भीममुख (भयंकर मुखवाले), सुमुख, दुर्मुख, अमुख (मुखरहित), चतुर्मुख, बहुमुख तथा युद्धके [illegible] शत्रुका संहार करनेके [illegible] अग्निमुख (अग्निके [illegible] मुखवाले) हैं । हिरण्यगर्भ ([illegible]), शकुनि (पक्षीके समान असङ्ग), महान् सर्पोंके स्वामी (शेषनाग) और विराट् भी आप ही हैं ॥१४८-१४९॥

अधर्महा महापार्श्वश्चण्डधारो गणाधिपः ।
गोनर्दो गोप्रतारश्च गोवृषेश्वरवाहनः ॥१५०॥
त्रैलोक्यगोप्ता गोविन्दो गोमार्गोऽमार्ग एव च ।
श्रेष्ठः स्थिरश्च [illegible] निष्कम्पः कम्प एव च ॥१५१॥
दुर्वारणो दुर्विषहो दुःसहो दुरतिक्रमः ।
दुर्धर्षो दुष्प्रकम्पश्च दुर्विषो दुर्जयो [illegible] ॥१५२॥
शशः शशाङ्कः [illegible] शीतोष्णक्षुज्जराधिकृत् ।
आधयो व्याधयश्चैव व्याधिहा व्याधिरेव च ॥१५३॥

आप अधर्मके [illegible] महापार्श्व, चण्डधार, गणाधिप, गोनर्द, गौओंको आपत्तिसे बचानेवाले, नन्दीकी सवारी करनेवाले, त्रैलोक्यरक्षक, गोविन्द (श्रीकृष्णरूप), गोमार्ग (इन्द्रियोंके [illegible]), अमार्ग (इन्द्रियोंके अगोचर), श्रेष्ठ, स्थिर, स्थाणु, निष्कम्प, कम्प, दुर्वारण (जिनका सामना करना कठिन है, ऐसे), दुर्विषह ([illegible] वेगवाले), दुःसह, दुर्लङ्घ्य, दुर्द्धर्ष, दुष्प्रकम्प, दुर्विष, दुर्जय, [illegible] (शीघ्रगामी), [illegible] (चन्द्रमा) तथा शमन (यमराज) [illegible] । सर्दी-गर्मी, क्षुधा, वृद्धावस्था तथा मानसिक चिन्ताको दूर करनेवाले भी आप ही हैं । आप ही आधि-व्याधि तथा उसे [illegible] करनेवाले हैं ॥ १५०—१५३ ॥

मम यज्ञमृगव्याधो व्याधीनामागमो गमः ।
शिखण्डी पुण्डरीकाक्षः पुण्डरीकवनालयः ॥१५४॥
[illegible] उग्रदण्डोऽण्डनाशनः ।
विषाग्निपाः सुरश्रेष्ठः सोमपास्त्वं मरुत्पतिः ॥१५५॥

मेरे यज्ञरूपी मृगके वधिक तथा व्याधियोंको लाने और मिटानेवाले भी [illegible] ही हैं । (कृष्णरूपमें) मस्तकपर शिखण्ड (मोरपङ्ख) धारण करनेके कारण आप शिखण्डी हैं । आप कमलके [illegible] नेत्रोंवाले, कमलके वनमें निवास करनेवाले, दण्ड धारण करनेवाले, त्र्यम्बक, उग्रदण्ड और ब्रह्माण्डके संहारक हैं । विषाग्निको पी जानेवाले, देवश्रेष्ठ, सोमरसका पान करनेवाले और मरुद्गणोंके स्वामी [illegible] ॥ १५४-१५५ ॥

अमृतपास्त्वं जगन्नाथ देवदेव गणेश्वरः ।
विषाग्निपा मृत्युपाश्च क्षीरपाः सोमपास्तथा ।
मधुश्च्युतानामग्रपास्त्वमेव तुषिताद्यपाः ॥ १५६ ॥

देवाधिदेव ! जगन्नाथ ! आप अमृत पान करनेवाले और गणोंके स्वामी हैं । विषाग्नि तथा मृत्युसे रक्षा करनेवाले और दूध एवं सोमरसका पान करनेवाले हैं । आप सुखसे [illegible] हुए जीवोंके प्रधान [illegible] तथा तुषितनामक देवताओंके आदिभूत ब्रह्माजीका भी पालन करनेवाले हैं ॥ १५६ ॥

हिरण्यरेताः पुरुषस्त्वमेव
त्वं स्त्री पुमांस्त्वं च नपुंसकं च ।
बालो युवा स्थविरो जीर्णदंष्ट्र-
स्त्वं नागेन्द्र शक्रस्त्वं विश्वकृद्विश्वकर्ता ॥१५७॥
विश्वकृद् विश्वकृतां वरेण्यस्त्वं विश्ववाहो
विश्वरूपस्तेजस्वी विश्वतोमुखः ।
चन्द्रादित्यौ चक्षुषी ते हृदयं च पितामहः ॥१५८॥

आप ही हिरण्यरेता (अग्नि), पुरुष (अन्तर्यामी) [illegible] आप ही स्त्री, पुरुष और नपुंसक हैं । बालक-युवा और [illegible] भी [illegible] ही हैं । नागेश्वर ! आप जीर्ण दाढ़ोंवाले और इन्द्र हैं । आप विश्वकृत् (जगत्‌के संहारक), विश्वकर्ता (प्रजापति), विश्वकृत् (ब्रह्माजी), विश्वकी रचना करनेवाले प्रजापतियोंमें श्रेष्ठ, विश्वका भार वहन करनेवाले, विश्वरूप, तेजस्वी और सब ओर मुखवाले हैं । चन्द्रमा और सूर्य आपके नेत्र तथा पितामह ब्रह्मा आपके हृदय हैं ॥ १५७-१५८ ॥

महोदधिः सरस्वती वाग् बलमनलोऽ-
निलः अहोरात्रं निमेषोन्मेषकर्म ॥१५९॥

[illegible] ही समुद्र हैं, सरस्वती आपकी वाणी है, अग्नि और वायु [illegible] हैं तथा आपके नेत्रोंका खुलना और बंद होना ही दिन और रात्रि हैं ॥ १५९ ॥

न [illegible] न च गोविन्दः पौराणा ऋषयो [illegible] ते ।
माहात्म्यं वेदितुं शक्ता याथातथ्येन ते शिव ॥१६०॥

शिव ! आपके माहात्म्यको ठीक-ठीक जाननेमें ब्रह्मा, विष्णु [illegible] प्राचीन ऋषि भी समर्थ नहीं [illegible] ॥ १६० ॥

या मूर्तयःसुसूक्ष्मास्ते न मह्यं यान्ति दर्शनम् ।
त्राहि मां सततं रक्ष पिता पुत्रमिवौरसम् ॥१६१॥

आपके जो सूक्ष्म रूप हैं, वे हमलोगोंकी दृष्टिमें नहीं आते। भगवन्! जैसे पिता अपने औरस पुत्रकी रक्षा करता है, उसी तरह आप सर्वदा मेरी रक्षा करें ॥ १६१ ॥

रक्ष्य मां रक्षणीयोऽहं तवानघ नमोऽस्तु ते।
भक्तानुकम्पी भगवान् भक्तश्चाहं सदा त्वयि ॥१६२॥

अनघ! मैं आपके द्वारा रक्षित होने योग्य हूँ, आप अवश्य मेरी रक्षा करें, मैं आपको नमस्कार करता हूँ। आप भक्तों-पर दया करनेवाले भगवान् हैं और मैं सदाके लिये आपका भक्त हूँ ॥ १६२ ॥

जटी सहस्राण्यनेकानि पुंसामावृत्य दुर्दृशः।
तिष्ठत्येकः समुद्रान्ते स मे गोप्तास्तु नित्यशः ॥१६३॥

जो हजारों मनुष्योंपर मायाका परदा डालकर सबके लिये दुर्बोध हो रहे हैं, अद्वितीय हैं तथा समुद्रके समान कामनाओंका अन्त होनेपर प्रकाशमें आते हैं, वे परमेश्वर नित्य मेरी रक्षा करें ॥ १६३ ॥

यं विनिद्रा जितश्वासाः सत्त्वस्थाः संयतेन्द्रियाः।
ज्योतिः पश्यन्ति युञ्जानास्तस्मै योगात्मने नमः॥१६४॥

जो निद्राके वशीभूत न होकर प्राणोंपर विजय पा चुके हैं और इन्द्रियोंको जीतकर सत्त्वगुणमें स्थित हैं, ऐसे योगी-लोग ध्यानमें जिस ज्योतिर्मय तत्त्वका साक्षात्कार करते हैं, उस योगात्मा परमेश्वरको नमस्कार है ॥ १६४ ॥

जटिले दण्डिने नित्यं लम्बोदरशरीरिणे।
कमण्डलुनिषङ्गाय तस्मै ब्रह्मात्मने नमः ॥१६५॥

जो सदा जटा और दण्ड धारण किये रहते हैं, जिनका उदर और शरीर विशाल है तथा कमण्डलु ही जिनके लिये तरकसका काम देता है, ऐसे ब्रह्माजीके रूपमें विराजमान भगवान् शिवको प्रणाम है ॥ १६५ ॥

यस्य केशेषु जीमूता नद्यः सर्वाङ्गसंधिषु।
कुक्षौ समुद्राश्चत्वारस्तस्मै तोयात्मने नमः ॥१६६॥

जिनके केशोंमें बादल, शरीरकी संधियोंमें नदियाँ और उदरमें चारों समुद्र हैं, उन जलस्वरूप परमात्माको नमस्कार है॥

सम्भक्ष्य सर्वभूतानि युगान्ते पर्युपस्थिते।
यः शेते जलमध्यस्थस्तं प्रपद्येऽम्बुशायिनम् ॥१६७॥

जो प्रलयकाल उपस्थित होनेपर सब प्राणियोंका संहार करके एकार्णवके जलमें शयन करते हैं, उन जलशायी भगवान्‌की मैं शरण लेता हूँ ॥ १६७ ॥

प्रविश्य वदनं राहोर्यः सोमं पिबते निशि।
ग्रसत्यर्कं च स्वर्भानुर्भूत्वा मां सोऽभिरक्षतु ॥१६८॥

जो रातमें राहुके मुखमें प्रवेश करके स्वयं चन्द्रमाके अमृतका पान करते हैं तथा स्वयं ही राहु बनकर सूर्यपर ग्रहण लगाते हैं, वे परमात्मा मेरी रक्षा करें ॥ १६८ ॥

ये चानुपतिता गर्भा यथा भागानुपासते।
नमस्तेभ्यः स्वधा स्वाहा प्राप्नुवन्तु मुदन्तु ते ॥१६९॥

ब्रह्माजीके बाद उत्पन्न होनेवाले जो देवता और पितर बालककी भाँति यज्ञमें अपने अपने भाग ग्रहण करते हैं, उन्हें नमस्कार है। वे 'स्वाहा और स्वधा' के द्वारा अपने भाग प्राप्त करके प्रसन्न हों ॥ १६९ ॥

येऽङ्गुष्ठमात्राः पुरुषा देहस्थाः सर्वदेहिनाम्।
रक्षन्तु ते हि मां नित्यं नित्यं चाप्याययन्तु माम्॥१७०॥

जो अङ्गुष्ठमात्र जीवके रूपमें सम्पूर्ण देहधारियोंके भीतर विराजमान हैं, वे सदा मेरी रक्षा और वृद्धि करें ॥ १७० ॥

ये न रोदन्ति देहस्था देहिनो रोदयन्ति च।
हर्षयन्ति न हृष्यन्ति नमस्तेभ्योऽस्तु नित्यशः॥१७१॥

जो देहके भीतर रहते हुए स्वयं न रोकर देहधारियोंको ही रुलाते हैं, स्वयं हर्षित न होकर उन्हें ही हर्षित करते हैं, उन सब रुद्रोंको मैं नित्य नमस्कार करता हूँ ॥ १७१ ॥

ये नदीषु समुद्रेषु पर्वतेषु गुहासु च।
वृक्षमूलेषु गोष्ठेषु कान्तारे गहनेषु च ॥१७२॥
चतुष्पथेषु रथ्यासु चत्वरेषु तटेषु च।
हस्त्यश्वरथशालासु जीर्णोद्यानालयेषु च ॥१७३॥
येषु पञ्चसु भूतेषु दिशासु विदिशासु च।
चन्द्रार्कयोर्मध्यगता ये च चन्द्रार्करश्मिषु ॥१७४॥
रसातलगता ये च ये च तस्मै परं गताः।
नमस्तेभ्यो नमस्तेभ्यो नमस्तेभ्योऽस्तु नित्यशः॥१७५॥

नदी, समुद्र, पर्वत, गुहा, वृक्षोंकी जड़, गोशाला, दुर्गम पथ, वन, चौराहे, सड़क, चौतरे, किनारे, हस्तिशाला, अश्वशाला, रथशाला, पुराने बगीचे, जीर्ण गृह, पञ्चभूत, दिशा, विदिशा, चन्द्रमा, सूर्य तथा उन-उनकी किरणोंमें, रसातलमें और उससे भिन्न स्थानोंमें भी जो अधिष्ठातृ देवताके रूपमें स्थित हैं, उन सबको सदा नमस्कार है, नमस्कार है, नमस्कार है ॥

येषां न विद्यते संख्या प्रमाणं रूपमेव च।
असंख्येयगुणा रुद्रा नमस्तेभ्योऽस्तु नित्यशः ॥१७६॥

जिनकी संख्या, प्रमाण और रूपकी सीमा नहीं है, जिनके गुणोंकी गिनती नहीं हो सकती, उन रुद्रोंको मैं सदा नमस्कार करता हूँ ॥ १७६ ॥

सर्वभूतकरो यस्मात् सर्वभूतपतिर्हरः।
सर्वभूतान्तरात्मा च तेन त्वं न निमन्त्रितः ॥१७७॥

आप सम्पूर्ण भूतोंके जन्मदाता, पालक और संहारक हैं तथा आप ही समस्त प्राणियोंके अन्तरात्मा हैं, इसीलिये मैंने आपको पृथक् निमन्त्रण नहीं दिया ॥ १७७ ॥

त्वमेव हीज्यसे यस्माद् यज्ञैर्विविधदक्षिणैः।
त्वमेव कर्ता सर्वस्य तेन त्वं न निमन्त्रितः ॥१७८॥

नाना प्रकारकी दक्षिणाओंवाले यज्ञोंद्वारा आपहीका यजन किया [illegible] है और आप ही सबके कर्ता हैं, इसीलिये मैंने आपको अलग निमन्त्रण नहीं दिया ॥ १७८ ॥

अथवा मायया देव सूक्ष्मया [illegible] मोहितः ।
एतस्मात् कारणाद् वापि तेन त्वं न निमन्त्रितः ॥१७९॥

अथवा देव ! आपकी सूक्ष्म मायासे मैं मोहमें पड़ गया था, इस कारणसे भी मैंने आपको निमन्त्रण नहीं दिया ॥

प्रसीद मम भद्रं ते [illegible] भावगतस्य मे ।
त्वयि मे हृदयं देव त्वयि बुद्धिर्मनस्त्वयि ॥१८०॥

भगवन् भव ! आपका भला हो, मैं भक्तिभावके साथ आपकी शरणमें आया हूँ; इसलिये अब मुझपर प्रसन्न होइये । मेरा हृदय, मेरी बुद्धि और मेरा मन सब आपमें समर्पित हैं॥

स्तुत्वैवं स महादेवं विरराम प्रजापतिः ।
भगवानपि सुप्रीतः पुनर्दक्षमभाषत ॥१८१॥

इस प्रकार महादेवजीकी स्तुति करके प्रजापति दक्ष चुप हो गये । तब भगवान् शिवने भी बहुत प्रसन्न होकर दक्षसे कहा—॥

परितुष्टोऽस्मि ते दक्ष स्तवेनानेन सुव्रत ।
बहुनात्र किमुक्तेन मत्समीपे भविष्यसि ॥१८२॥

'उत्तम [illegible] पालन करनेवाले [illegible] ! तुम्हारेद्वारा की हुई इस स्तुतिसे मैं बहुत संतुष्ट हूँ । यहाँ अधिक क्या कहूँ, [illegible] मेरे निकट निवास करोगे ॥ १८२ ॥

अश्वमेधसहस्रस्य वाजपेयशतस्य च ।
प्रजापते मत्प्रसादात् फलभागी भविष्यसि ॥१८३॥

'प्रजापते ! मेरे प्रसादसे तुम्हें एक हजार अश्वमेध तथा एक सौ वाजपेय यज्ञका [illegible] मिलेगा' ॥ १८३ ॥

अथैनमब्रवीद् वाक्यं लोकस्याधिपतिर्भवः ।
आश्वासनकरं वाक्यं वाक्यविद् वाक्यसम्मतम् ॥१८४॥

तदनन्तर वाक्यविशारद, लोकनाथ भगवान् शिवने प्रजापतिको सान्त्वना देनेवाला युक्तियुक्त एवं उत्तम वचन कहा—॥ १८४ ॥

दक्ष दक्ष न कर्तव्यो मन्युर्विघ्नमिमं प्रति ।
[illegible] यज्ञहरस्तुभ्यं दृष्टमेतत् पुरातनम् ॥१८५॥

'दक्ष ! दक्ष ! इस यज्ञमें जो विघ्न डाला गया है, इसके लिये तुम खेद न करना । मैंने पहले कल्पमें भी तुम्हारे यज्ञका विध्वंस किया था । यह घटना भी पूर्वकल्पके अनुसार ही हुई है ॥ १८५ ॥

भूयश्च ते वरं दद्मि तं त्वं गृह्णीष्व सुव्रत ।
प्रसन्नवदनो भूत्वा तदिहैकमनाः शृणु ॥१८६॥

'सुव्रत ! [illegible] पुनः तुम्हें वरदान देता हूँ, तुम इसे स्वीकार करो और प्रसन्नवदन तथा एकाग्रचित्त होकर यहाँ मेरी यह [illegible] सुनो ॥ १८६ ॥

वेदात् षडङ्गादुद्धृत्य सांख्ययोगाच्च युक्तितः ।
तपः सुतप्तं विपुलं दुश्चरं देवदानवैः ॥१८७॥

'पूर्वकालमें षडङ्ग वेद, सांख्ययोग और तर्कसे निश्चित करके देवताओं और दानवोंने जिस विशाल एवं दुष्कर तपका अनुष्ठान किया था (उससे भी उत्तम व्रत मैं तुम्हें बता रहा हूँ)॥

अपूर्वं सर्वतोभद्रं सर्वतोमुखमव्ययम् ।
अब्दैर्दशाहसंयुक्तं गूढमप्राज्ञनिन्दितम् ॥१८८॥
वर्णाश्रमकृतैर्धर्मैर्विपरीतं क्वचित्समम् ।
गतान्तैरध्यवसितमत्याश्रममिदं व्रतम् ॥१८९॥
मया पाशुपतं दक्ष शुभमुत्पादितं पुरा ।
तस्य चीर्णस्य तत् सम्यक् फलं भवति पुष्कलम् ।
तच्चास्तु ते महाभाग त्यज्यतां मानसो ज्वरः ॥१९०॥

'दक्ष ! मैंने पूर्वकालमें एक शुभकारक पाशुपत [illegible] व्रतको प्रकट किया था, जो अपूर्व है, साधन और सिद्धि सभी अवस्थाओंमें सब प्रकारसे कल्याणकारी, सर्वतोमुखी (सभी वर्णों और आश्रमोंके अनुकूल) तथा मोक्षका साधक होनेके कारण अविनाशी है । वर्षोंतक पुण्यकर्म करने और यम नियम नामक दस साधनोंको अभ्यासमें लानेसे उसकी उपलब्धि होती है । वह गूढ है । मूर्ख मनुष्य उसकी निन्दा करते हैं । वह समस्त वर्णधर्म और आश्रम-धर्मके अनुकूल, सम और किसी किसी अंशमें विपरीत भी है । जिन्हें सिद्धान्तका ज्ञान है, उन्होंने इसे अपनानेका पूर्ण निश्चय कर लिया है । यह व्रत सभी आश्रमोंसे बढ़कर है । इसके अनुष्ठानसे उत्तम एवं प्रचुर फलकी प्राप्ति होती है । महाभाग ! उस पाशुपत व्रतके अनुष्ठानका फल तुम्हें प्राप्त हो । अब तुम अपनी मानसिक चिन्ताका परित्याग कर दो' ॥ १८८—१९० ॥

एवमुक्त्वा महादेवः सपत्नीकः सहानुगः ।
अदर्शनमनुप्राप्तो दक्षस्यामितविक्रमः ॥१९१॥

दक्षसे ऐसा कहकर पत्नी और पार्षदोंसहित अमित पराक्रमी महादेवजी वहीं अन्तर्धान हो गये ॥ १९१ ॥

दक्षप्रोक्तं स्तवमिमं कीर्तयेद् यः शृणोति वा ।
नाशुभं प्राप्नुयात् किंचिद् दीर्घमायुरवाप्नुयात् ॥१९२॥

जो मनुष्य दक्षके द्वारा कहे हुए इस स्तोत्रका कीर्तन अथवा श्रवण करेगा, उसे कोई अमङ्गल नहीं प्राप्त होगा । वह दीर्घ आयु प्राप्त करता है ॥ १९२ ॥

[illegible] सर्वेषु देवेषु वरिष्ठो भगवाञ्छिवः ।
तथा स्तवो वरिष्ठोऽयं स्तवानां ब्रह्मसम्मितः ॥१९३॥

जैसे भगवान् शिव सब देवताओंमें श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार यह वेदतुल्य स्तोत्र सभी स्तुतियोंमें श्रेष्ठ है ॥ १९३ ॥

यशोराज्यसुखैश्वर्यकामार्थधनकाङ्क्षिभिः ।
श्रोतव्यो भक्तिमास्थाय विद्याकामैश्च यत्नतः ॥१९४॥

यश, राज्य, सुख, ऐश्वर्य, काम, अर्थ, धन और विद्याकी इच्छा रखनेवाले पुरुषोंको भक्तिभावका आश्रय लेकर यत्नपूर्वक इस स्तोत्रका श्रवण करना चाहिये ॥ १९४ ॥

व्याधितो दुःखितो दीनश्चोरग्रस्तो भयार्दितः।
राजकार्याभियुक्तो वा मुच्यते महतो भयात् ॥१९५॥

रोगी, दुखी, दीन, चोरके हाथमें पड़ा हुआ, भयभीत तथा राजकार्यका अपराधी मनुष्य भी इस स्तोत्रका पाठ करनेसे महान् भयसे छुटकारा पा जाता है ॥ १९५ ॥

अनेनैव तु देहेन गणानां समतां व्रजेत्।
तेजसा यशसा चैव युक्तो भवति निर्मलः ॥१९६॥

इतना ही नहीं, वह इसी शरीरसे भगवान् शिवके गणोंकी समानता प्राप्त कर लेता है तथा तेज और यशसे सम्पन्न होकर निर्मल हो जाता है ॥ १९६ ॥

न राक्षसाः पिशाचा वा न भूता न विनायकाः।
विघ्नं कुर्युर्गृहे तस्य यत्रायं पठ्यते स्तवः ॥१९७॥

जिसके यहाँ इस स्तोत्रका पाठ होता है, उसके घरमें राक्षस, पिशाच, भूत और विनायक कभी कोई विघ्न नहीं करते हैं ॥ १९७ ॥

शृणुयाच्चैव या नारी तद्भक्ता ब्रह्मचारिणी।
पितृपक्षे भर्तृपक्षे पूज्या भवति देववत् ॥१९८॥

जो नारी भगवान् शङ्करमें भक्तिभाव रखकर ब्रह्मचर्यका पालन करती हुई इस स्तोत्रको सुनती है, वह पितृकुल और पतिकुलमें देवताके समान आदरणीय होती है ॥ १९८ ॥

शृणुयाद् यः स्तवं कृत्स्नं कीर्तयेद् वा समाहितः।
तस्य सर्वाणि कर्माणि सिद्धिं गच्छन्त्यभीक्ष्णशः ॥१९९॥

जो एकाग्रचित्त होकर इस सम्पूर्ण स्तोत्रको सुनता अथवा पढ़ता है, उसके सारे कार्य सदा ही सिद्ध होते रहते हैं ॥ १९९ ॥

मनसा चिन्तितं यच्च यच्च वाचानुकीर्तितम्।
सर्वं सम्पद्यते तस्य स्तवस्यास्यानुकीर्तनात् ॥२००॥

वह मनसे जिस वस्तुके लिये चिन्तन करता है अथवा वाणीसे जिस मनोरथकी याचना करता है, उसका वह सारा अभीष्ट इस स्तोत्रके बार-बार पाठसे सिद्ध हो जाता है ॥ २०० ॥

देवस्य च गुहस्यापि देव्या नन्दीश्वरस्य च।
बलिं सुविहितं कृत्वा दमेन नियमेन च ॥२०१॥
ततस्तु युक्तो गृह्णीयान्नामान्याशु यथाक्रमम्।
ईप्सिताँल्लभते सोऽर्थान् भोगान् कामांश्च मानवः ॥२०२॥
मृतश्च स्वर्गमाप्नोति तिर्यक्षु च न जायते।
इत्याह भगवान् व्यासः पराशरसुतः प्रभुः ॥२०३॥

मनुष्यको चाहिये कि वह इन्द्रियोंको संयममें रखकर शौच-संतोष आदि नियमोंका पालन करते हुए महादेवजी, कार्तिकेय, पार्वतीदेवी और नन्दिकेश्वरको विधिपूर्वक पूजोपहार समर्पित करे, फिर एकाग्रचित्त होकर क्रमशः इन सहस्र नामोंका पाठ करे। ऐसा करनेसे मनुष्य शीघ्र ही मनोवाञ्छित पदार्थों, भोगों और कामनाओंको प्राप्त कर लेता है तथा मृत्युके पश्चात् स्वर्गमें जाता है। उसे पशु-पक्षी आदिकी योनियोंमें जन्म नहीं लेना पड़ता है। इस प्रकार सर्वसमर्थ पराशरनन्दन भगवान् व्यासजीने इस स्तोत्रका माहात्म्य बतलाया है ॥ २०१–२०३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि दक्षप्रोक्तशिवसहस्रनामस्तवे चतुरशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें दक्षद्वारा कथित शिवसहस्रनामस्तोत्रविषयक दो सौ चौरासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८४ ॥

पञ्चाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

अध्यात्मज्ञानका और उसके फलका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

अध्यात्मं नाम यदिदं पुरुषस्येह विद्यते।
यदध्यात्मं यतश्चैव तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! शास्त्रमें पुरुषके लिये जो यह अध्यात्मतत्त्व बताया गया है, वह अध्यात्म क्या है? और उसकी उत्पत्ति कहाँसे हुई है? यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

सर्वज्ञानं परं बुद्ध्या यन्मां त्वमनुपृच्छसि।
तद् व्याख्यास्यामि ते तात तस्य व्याख्यामिमां शृणु ॥२॥

भीष्मजीने कहा—तात! तुम मुझसे जिस अध्यात्मतत्त्वको पूछ रहे हो, वह बुद्धिके द्वारा सभी विषयोंका उत्तम ज्ञान प्रदान करनेवाला है। मैं तुमसे उसकी व्याख्या करूँगा, तुम उस व्याख्याको ध्यान देकर सुनो ॥ २ ॥

पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम्।
महाभूतानि भूतानां सर्वेषां प्रभवाप्ययौ ॥ ३ ॥

पृथ्वी, वायु, आकाश, जल और तेज—ये पाँच महाभूत समस्त प्राणियोंकी उत्पत्ति और प्रलयके स्थान हैं ॥ ३ ॥

ततः तेषां गुणसंघातः शरीरं भरतर्षभ।
सततं हि प्रलीयन्ते गुणास्ते प्रभवन्ति च ॥ ४ ॥

भरतश्रेष्ठ! प्राणियोंका शरीर उन्हीं पाँचों महाभूतोंका कार्यसमूह है। वे कार्यरूपमें परिणत भूतगण सदा लीन होते और प्रकट होते रहते हैं ॥ ४ ॥

ततः सृष्टानि भूतानि तानि यान्ति पुनः पुनः।
महाभूतानि भूतेभ्य ऊर्मयः सागरे यथा ॥ ५ ॥

जैसे महाभूत [illegible] भूतोंसे प्रकट होते और उन्हींमें लयको प्राप्त होते [illegible] तथा जैसे लहरें समुद्रसे प्रकट होकर फिर उसीमें लीन हो जाती हैं, उसी प्रकार परमात्मासे समस्त प्राणी उत्पन्न होते और पुनः उसीमें लीन हो जाते हैं ॥ ५ ॥

प्रसारयित्वेहाङ्गानि कूर्मः संहरते यथा ।
तद्वद् भूतानि भूतानामल्पीयांसि स्थवीयसाम् ॥ ६ ॥

जैसे कछुआ यहाँ अपने अङ्गोंको फैलाकर फिर समेट लेता है, उसी प्रकार समस्त प्राणियोंके शरीर आकाश आदि पाँच महाभूतोंसे [illegible] होते और फिर उन्हींमें लीन हो जाते हैं ॥

आकाशात् खलु यो घोषः संघातस्तु महीगुणः ।
वायोः प्राणो रसस्त्वद्भ्यो रूपं तेजस उच्यते ॥ ७ ॥

शरीरमें जो शब्द होता है, वह [illegible] गुण है । यह स्थूल शरीर पृथ्वीका गुण [illegible] कार्य है । प्राण वायुका, रस [illegible] तेजका गुण बताया जाता है ॥ [illegible] ॥

इत्येतन्मयमेवैतत् सर्वं स्थावरजङ्गमम् ।
प्रलये च तमभ्येति तस्मादुद्दिश्यते पुनः ॥ ८ ॥

इस प्रकार यह समस्त स्थावर जङ्गम शरीर पञ्चभूतमय ही है । प्रलयकालमें यह परमात्मामें ही लीन होता है और सृष्टिके आरम्भमें पुनः उन्हींसे प्रकट हो जाता है ॥ ८ ॥

महाभूतानि पञ्चैव सर्वभूतेषु भूतकृत् ।
विषयान् कल्पयामास यस्मिन् यदनुपश्यति ॥ ९ ॥

सम्पूर्ण भूतोंकी सृष्टि करनेवाले ईश्वरने समस्त प्राणियोंमें पञ्चमहाभूतोंका ही विभागपूर्वक समावेश किया है । देहके भीतर जिस भूतके स्थित होनेसे मनुष्य जो कार्य देखता है, वह बताता हूँ; सुनो ॥ ९ ॥

शब्दः श्रोत्रं तथा खानि त्रयमाकाशयोनिजम् ।
[illegible] स्नेहश्च जिह्वा च अपामेते गुणाः स्मृताः ॥ १० ॥

शब्द, श्रोत्रेन्द्रिय और सम्पूर्ण छिद्र—ये तीन आकाशके कार्य हैं । रस, स्नेह [illegible] जिह्वा—ये तीनों जलके गुण या कार्य माने गये [illegible] ॥ १० ॥

रूपं चक्षुर्विपाकश्च [illegible] ज्योतिरुच्यते ।
घ्रेयं घ्राणं शरीरं च एते भूमिगुणाः स्मृताः ॥ ११ ॥

रूप, नेत्र और परिपाक—इन तीन गुणोंके रूपमें तेजकी ही स्थिति बतायी जाती है । गन्ध, घ्राण तथा शरीर—ये तीनों भूमिके गुण माने गये [illegible] ॥ ११ ॥

प्राणः स्पर्शश्च चेष्टा च वायोरेते गुणाः स्मृताः ।
इति सर्वगुणा राजन् व्याख्याताः पाञ्चभौतिकाः ॥ १२ ॥

प्राण, स्पर्श और चेष्टा—ये तीनों वायुके गुण बताये गये हैं । राजन् ! इस प्रकार मैंने समस्त पाञ्चभौतिक गुणोंकी व्याख्या कर दी ॥ १२ ॥

सत्त्वं रजस्तमः [illegible] कर्म बुद्धिश्च भारत ।
मनःषष्ठानि चैतेषु ईश्वरः समकल्पयत् ॥ १३ ॥

भरतनन्दन ! ईश्वरने इन प्राणियोंके शरीरोंमें सत्त्व, रज, तम, काल, कर्म, बुद्धि [illegible] मनसहित पाँचों ज्ञानेन्द्रियों-[illegible] की है ॥ १३ ॥

यदूर्ध्वं पादतलयोरवाङ् मूर्ध्नश्च पश्यसि ।
एतस्मिन्नेव कृत्स्नेयं वर्तते बुद्धिरन्तरे ॥ १४ ॥

पैरोंके तलुओंसे लेकर ऊपरकी ओर और मस्तकसे नीचेकी ओर जितना भी शरीर है, इसके भीतर यह बुद्धि पूर्णरूपसे [illegible] हो रही है ॥ १४ ॥

इन्द्रियाणि नरे [illegible] षष्ठं तु मन उच्यते ।
सप्तमीं बुद्धिमेवाहुः क्षेत्रज्ञः पुनरष्टमः ॥ १५ ॥

मानव-शरीरमें पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और [illegible] मन [illegible] जाता है । बुद्धिको सातवीं और क्षेत्रज्ञको आठवाँ कहते हैं ॥

इन्द्रियाणि च कर्ता च विचेतव्यानि भागशः ।
[illegible] सत्त्वं रजश्चैव तेऽपि भावास्तदाश्रयाः ॥ १६ ॥

पाँच इन्द्रियाँ और जीवात्मा—इन सबको कार्य-विभागके अनुसार अलग-अलग समझना चाहिये । सत्त्वगुण, रजोगुण, तमोगुण तथा उनके सात्त्विक, राजस और तामस भाव जीवात्माके ही आश्रित हैं ॥ १६ ॥

चक्षुरालोचनायैव संशयं कुरुते मनः ।
बुद्धिरध्यवसानाय साक्षी क्षेत्रज्ञ उच्यते ।
तमः सत्त्वं रजश्चेति कालः कर्म च भारत ॥ १७ ॥
गुणैर्नेनीयते बुद्धिर्बुद्धिरेवेन्द्रियाणि च ।
मनःषष्ठानि सर्वाणि बुद्ध्यभावे कुतो गुणाः ॥ १८ ॥

नेत्र आदि इन्द्रियाँ दर्शन आदि कार्योंके लिये हैं । मन संशय [illegible] है और बुद्धि उस विषयका ठीक-ठीक निश्चय करनेके लिये है । क्षेत्रज्ञ (आत्मा) को साक्षी बताया [illegible] है । भरतनन्दन ! सत्त्व, रज, [illegible] और कर्म—इन पाँच गुणोंद्वारा बुद्धि बार-बार विभिन्न विषयोंकी ओर ले जायी जाती है । बुद्धि मनसहित सम्पूर्ण इन्द्रियोंका संचालन करती है । यदि बुद्धि न हो तो ये गुण—इन्द्रिय आदि कैसे कोई कार्य कर सकते हैं ॥ १७-१८ ॥

येन पश्यति तच्चक्षुः शृण्वती श्रोत्रमुच्यते ।
जिघ्रती भवति घ्राणं रसती रसना रसान् [illegible] १९ ॥
स्पर्शनं स्पर्शती स्पर्शान् बुद्धिर्विक्रियतेऽसकृत् ।
[illegible] प्रार्थयते किंचित् तदा भवति सा मनः [illegible] २० ॥

बुद्धि जिसके द्वारा देखती है, [illegible] इन्द्रियका नाम दृष्टि या नेत्र है । वही अपने वृत्तिविशेषके द्वारा जब सुनने लगती है, तब श्रोत्र कहलाती है । गन्धको ग्रहण करते [illegible] वह घ्राण बन जाती है । रसास्वादन करते समय रसना कहलाती है और स्पर्शोंका अनुभव करते समय वही स्पर्शेन्द्रिय (त्वचा) नाम धारण करती है । [illegible] प्रकार

बुद्धि बार-बार विकृत होती है। जब वह कुछ प्रार्थना (याचना) करती है, तब मन बन जाती है ॥ १९-२० ॥

अधिष्ठानानि बुद्ध्या हि पृथगेतानि पञ्चधा।
इन्द्रियाणीति तान्याहुस्तेषु दुष्टेषु दुष्यति ॥ २१ ॥

बुद्धिके ये जो पृथक्-पृथक् पाँच अधिष्ठान हैं, इन्हींको इन्द्रिय कहते हैं। इन इन्द्रियोंके दूषित होनेपर बुद्धि भी दूषित हो जाती है ॥ २१ ॥

पुरुषे तिष्ठती बुद्धिस्त्रिषु भावेषु वर्तते।
कदाचिल्लभते प्रीतिं कदाचिदपि शोचति ॥ २२ ॥

साक्षी आत्माके आश्रित रहनेवाली बुद्धि सात्त्विक, राजस और तामस तीन भावोंमें (जो सुख दुःख और मोह-रूप हैं) स्थित होती है, इसीलिये कभी (सत्त्वगुणका उद्रेक होनेपर) उसे आनन्द प्राप्त होता है और कभी (रजोगुणकी अधिकता होनेपर) वह दुःख-शोकका अनुभव करती है ॥ २२ ॥

न सुखेन न दुःखेन कदाचिदपि वर्तते।
सेयं भावात्मिका भावांस्त्रीनेतान् परिवर्तते ॥ २३ ॥

कभी (तमोगुणकी अधिकतासे मोहाच्छन्न होनेपर) उसका न सुखसे संयोग होता है न दुःखसे (वह निद्रा और आलस्य आदिमें मग्न रहती है)। इस प्रकार यह भावात्मिका बुद्धि इन तीन भावोंका अनुसरण करती है ॥ २३ ॥

सरितां सागरो भर्ता यथा वेलामिवोर्मिमान्।
इति भावगता बुद्धिर्भावे मनसि वर्तते ॥ २४ ॥

जैसे सरिताओंका स्वामी समुद्र उत्ताल तरंगोंसे युक्त होनेपर भी अपनी तटभूमिका उल्लङ्घन नहीं करता है, उसी प्रकार सात्त्विक आदि भावोंसे युक्त बुद्धि तीनों गुणोंका उल्लङ्घन नहीं करती। भावनामय मनमें ही चक्कर लगाती रहती है ॥ २४ ॥

प्रवर्तमानं तु रजस्तद्भावेनानुवर्तते।
प्रहर्षः प्रीतिरानन्दः सुखं संशान्तचित्तता ॥ २५ ॥
कथंचिदुपपद्यन्ते पुरुषे सात्त्विका गुणाः।

जब रजोगुणकी प्रवृत्ति होती है, तब बुद्धि राजसिक भावका अनुसरण करती है। यदि पुरुषमें किसी प्रकार अधिक हर्ष, प्रीति, आनन्द, सुख और चित्तमें शान्ति उपलब्ध हो तो ये सात्त्विक गुण हैं ॥ २५½ ॥

परिदाहस्तथा शोकः संतापोऽपूर्तिरक्षमा ॥ २६ ॥
लिङ्गानि रजसस्तानि दृश्यन्ते हेत्वहेतुभिः।

यदि शरीर या मनमें किसी कारणसे या अकारण ही दाह, शोक, संताप, अपूर्णता (लोभ-लिप्सा) और असहन-शीलताके भाव दिखायी देते हों तो उन्हें रजोगुणके चिह्न समझना चाहिये ॥ २६½ ॥

अविद्या रागमोहौ च प्रमादः स्तब्धता भयम् ॥ २७ ॥
असमृद्धिस्तथा दैन्यं प्रमोहः स्वप्नतन्द्रिता।
कथंचिदुपवर्तन्ते विविधास्तामसा गुणाः ॥ २८ ॥

यदि किसी प्रकार अविद्या, राग, मोह, प्रमाद, स्तब्धता, भय, दरिद्रता, दीनता, प्रमोह (मूर्च्छा), स्वप्न, निद्रा और आलस्य आदि दोष आ घेरते हों तो उन्हें तमोगुणके ही विविध रूप जाने ॥ २७-२८ ॥

तत्र यत् प्रीतिसंयुक्तं काये मनसि वा भवेत्।
वर्तते सात्त्विको भाव इत्युपेक्षेत तत् तथा ॥ २९ ॥

ऐसी स्थितिमें शरीर अथवा मनके भीतर यदि कोई प्रसन्नताका भाव हो तो वह सात्त्विक भाव है, ऐसा विचार करना चाहिये ॥ २९ ॥

अथ यद् दुःखसंयुक्तमप्रीतिकरमात्मनः।
प्रवृत्तं रज इत्येव तदसंरभ्य चिन्तयेत् ॥ ३० ॥

जब अपने लिये अप्रसन्नताका हेतु और दुःखयुक्त भाव अनुभवमें आये, तब रजोगुणकी प्रवृत्ति हुई है, ऐसा अपने मनमें विचार करे तथा वैसे किसी कार्यका आरम्भ न करके उसकी ओरसे अपना ध्यान हटा ले ॥ ३० ॥

अथ यन्मोहसंयुक्तं काये मनसि वा भवेत्।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं तमस्तदुपधारयेत् ॥ ३१ ॥

इसी प्रकार शरीर या मनमें जो मोहयुक्त भाव अतर्कित एवं अविज्ञातरूपसे उपस्थित हो गया हो, उसके विषयमें यही निश्चय करे कि यह तमोगुण है ॥ ३१ ॥

इति बुद्धिगतीः सर्वा व्याख्याता यावतीरिह।
एतद् बुद्ध्वा भवेद् बुद्धः किमन्यद् बुद्धलक्षणम् ॥ ३२ ॥

इस प्रकार बुद्धिकी जितनी अवस्थाएँ हैं, उनकी व्याख्या यहाँ कर दी गयी। यह सब जानकर मनुष्य ज्ञानी हो जाता है। इसके सिवा ज्ञानीका और क्या लक्षण हो सकता है ? ॥ ३२ ॥

सत्त्वक्षेत्रज्ञयोरेतदन्तरं विद्धि सूक्ष्मयोः।
सृजतेऽत्र गुणानेक एको न सृजते गुणान् ॥ ३३ ॥

बुद्धि और क्षेत्रज्ञ (आत्मा)—ये दोनों सूक्ष्मतर हैं। इन दोनोंमें जो अन्तर है, उसे समझो। इनमेंसे एक अर्थात् बुद्धि तो गुणोंकी सृष्टि करती है और दूसरा (आत्मा) गुणोंकी सृष्टि नहीं करता—केवल साक्षीभावसे देखता रहता है ॥ ३३ ॥

पृथग्भूतौ प्रकृत्या तु सम्प्रयुक्तौ च सर्वदा।
यथा मत्स्योऽद्भिरन्यः स्यात् सम्प्रयुक्तो भवेत् तथा ॥ ३४ ॥

वे दोनों बुद्धि और क्षेत्रज्ञ स्वभावतः एक दूसरेसे भिन्न हैं, परंतु सदा परस्पर मिले हुए-से प्रतीत होते हैं। जैसे मछली जलसे भिन्न है तो भी उसमें सदा संयुक्त रहती है, उसी प्रकार बुद्धि और आत्मा परस्पर भिन्न होते हुए भी अभिन्न रहते हैं ॥ ३४ ॥

न गुणा विदुरात्मानं स गुणान् वेद सर्वतः।
परिद्रष्टा गुणानां तु संस्रष्टा मन्यते यथा ॥ ३५ ॥

[illegible] आदि गुण [illegible] होनेके कारण आत्माको नहीं जानते; परंतु आत्मा चेतन है, इसलिये गुणोंको पूर्णरूपसे जानता है। वह गुणोंका साक्षी है तथापि मूढ मनुष्य उसे गुणोंसे संश्लिष्ट या संयुक्त समझते हैं ॥ ३५ ॥

आश्रयो नास्ति सत्त्वस्य गुणसर्गेण चेतना।
सत्त्वमस्य सृजन्त्यन्ये गुणान् वेद कदाचन ॥ ३६ ॥

बुद्धि जब सत्त्वादि गुणोंकी सृष्टि करती है, उस समय जीवात्मा उसका आश्रय नहीं होता। अन्य गुणोंकी रचना बुद्धि ही करती है और [illegible] गुणोंको जीव कभी जानता है ॥

सृजते हि गुणान् सत्त्वं क्षेत्रज्ञः परिपश्यति।
सम्प्रयोगस्तयोरेष सत्त्वक्षेत्रज्ञयोर्ध्रुवः ॥ ३७ ॥

बुद्धि गुणोंको उत्पन्न करती है और आत्मा केवल देखता है। बुद्धि और आत्माका यह सम्बन्ध अनादि है ॥ ३७ ॥

इन्द्रियैस्तु प्रदीपार्थं क्रियते बुद्धिरन्तरा।
निश्चक्षुर्भिरजानद्भिरिन्द्रियाणि प्रदीपवत् ॥ ३८ ॥

ज्ञानशक्तिरहित न जाननेवाली इन्द्रियाँ वस्तुओंको प्रकाशित करनेके लिये बुद्धिको बीचमें करती हैं। इन्द्रियाँ तो वस्तुको प्रकट करनेमें दीपककी भाँति केवल सहायक हैं ॥

एवंस्वभावमेवैतत् तद् बुद्ध्वा विहरेन्नरः।
अशोचन्नप्रहृष्यंश्च स वै विगतमत्सरः ॥ ३९ ॥

इस प्रकार 'आत्मा असंग एवं निर्लेप है' इस बातको जानकर मनुष्य शोक, हर्ष और द्वेषका परित्याग करके विचरण करे ॥ ३९ ॥

स्वभावसिद्धमेवैतद् यदिमान् सृजते गुणान्।
ऊर्णनाभिर्यथा सूत्रं विज्ञेयास्तन्तुवद् गुणाः ॥ ४० ॥

जैसे मकड़ी जाला बुनती है, उसी प्रकार बुद्धि गुणोंकी सृष्टि करती है—यह स्वभावसिद्ध है, अतएव गुणोंको जालेके [illegible] और बुद्धिको मकड़ीके समान जानना चाहिये ॥ ४० ॥

प्रध्वस्ता न निवर्तन्ते प्रवृत्तिर्नोपलभ्यते।
एवमेके व्यवस्यन्ति निवृत्तिरिति चापरे ॥ ४१ ॥

वे गुण नष्ट होनेपर पुनः [illegible] नहीं आते; क्योंकि फिर उनकी प्रवृत्ति उपलब्ध नहीं होती। एक श्रेणीके विद्वानोंका ऐसा ही निश्चय है। दूसरी श्रेणीके लोग उन नष्ट हुए गुणोंकी पुनरावृत्ति भी मानते हैं ॥ ४१ ॥

इतीदं हृदयग्रन्थिं बुद्धिचिन्तामयं दृढम्।
विमुच्य सुखमासीत विशोकश्छिन्नसंशयः ॥ ४२ ॥

इस प्रकार बुद्धिकी चिन्तास्वरूप इस सुदृढ हृदयग्रन्थिको त्यागकर शोक और संशयसे रहित हो सुखपूर्वक रहना चाहिये ॥ ४२ ॥

ताम्येयुः प्रच्युताः पृथ्वीं मोहपूर्णां नदीं नराः।
यथा गाधमविद्वांसो बुद्धियोगमयं [illegible] ॥ ४३ ॥

जलकी गहराईको न जाननेवाले मनुष्य जैसे नदीके तल-प्रदेशमें [illegible] दुःखका अनुभव करते हैं, उसी प्रकार बुद्धि-योग (ज्ञान) से अनभिज्ञ सभी मनुष्य इस मोहपूर्ण विशाल संसारनदीमें पड़कर क्लेश भोगते हैं ॥ ४३ ॥

नैव ताम्यन्ति विद्वांसः प्लवन्तः पारमम्भसः।
अध्यात्मविदुषो धीरा ज्ञानं [illegible] परमं प्लवः ॥ ४४ ॥

जो तैरनेकी [illegible] जानते हैं, वे तैरकर अगाध जलसे पार हो जाते हैं। उन्हें [illegible] नहीं भोगना पड़ता। उसी प्रकार अध्यात्मतत्त्वके ज्ञाता धीर पुरुष अनायास संसार-सागरको पार कर जाते हैं। उनके लिये परम ज्ञान ही जहाज बन [illegible] है ॥ ४४ ॥

न भवति विदुषां महद्भयं
यदविदुषां सुमहद्भयं भवेत्।
न हि गतिरधिकास्ति कस्यचित्
सकृदुपदर्शयतीह तुल्यताम् ॥ ४५ ॥

अज्ञानियोंको जिस संसारसे महान् भय बना रहता है, उससे ज्ञानियोंको वह गुरुतर भय तनिक भी नहीं प्राप्त होता है। ज्ञानी पुरुषोंमेंसे किसीको भी अधिक या न्यून गति नहीं प्राप्त होती—वे सब समान गतिके भागी होते हैं। 'सकृद्विभातो ह्येष ब्रह्मलोकः' इत्यादि श्रुति यहाँ ज्ञानियोंकी गतिकी समानता दिखाती है ॥ ४५ ॥

यत् करोति बहुदोषमेकतः
[illegible] दूषयति यत्पुरा कृतम्।
नाप्रियं तदुभयं करोत्यसौ
यच्च दूषयति यत् करोति च ॥ ४६ ॥

अज्ञानावस्थामें मनुष्य जो अनेक दोषसे युक्त कर्म करता है और वह पहलेके जो कर्म कर चुका है, उनके लिये शोक करता है। इसके सिवा अज्ञानावस्थामें जो वह दूसरेके किये हुए अप्रिय कर्मको दोषरूपमें देखता है और राग आदि दोषके कारण स्वयं जो दूषित कर्म करता है, वह दोनों ही प्रकारका कार्य वह ज्ञान होनेके बाद नहीं करता है ॥ ४६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पाञ्चभौतिके पञ्चाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पाञ्चभौतिक तत्त्वोंका वर्णनविषयक दो सौ पचासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८५ ॥

षडशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

समङ्गके द्वारा नारदजीसे अपनी शोकहीन स्थितिका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

शोकाद् दुःखाच्च मृत्योश्च त्रसन्ते प्राणिनः सदा।
उभयं नो यथा न स्यात् तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! संसारके सभी प्राणी सदा शोक, दुःख और मृत्युसे डरते रहते हैं; अतः आप हमें ऐसा उपदेश दें, जिससे हमलोगोंको उन दोनोंका भय न रहे ॥१॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
नारदस्य च संवादं समङ्गस्य च भारत ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—भरतनन्दन! इस विषयमें विद्वान् पुरुष देवर्षि नारद और समङ्गके संवादरूप प्राचीन इतिहास- [illegible] उदाहरण दिया करते हैं ॥ [illegible] ॥

नारद उवाच

उरसेव प्रणमसे बाहुभ्यां तरसीव च।
सम्प्रहृष्टमना नित्यं विशोक [illegible] लक्ष्यसे ॥ ३ ॥

नारदजीने पूछा—समङ्गजी! दूसरे लोग तो सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं; परंतु आप हृदयसे प्रणाम करते [illegible] पड़ते हैं। मालूम होता है, आप इस संसारसागरको अपनी इन दोनों भुजाओंसे ही तैरकर पार हो जायँगे। आपका [illegible] नित्य प्रसन्न रहता है तथा आप सदा शोकशून्य-से दिखायी [illegible] हैं ॥ ३ ॥

उद्वेगं [illegible] ते किंचित् सुसूक्ष्ममपि लक्षये।
नित्यतृप्त [illegible] स्वस्थो बालवच्च विचेष्टसे ॥ ४ ॥

मैं आपके चित्तमें कभी कोई थोड़ा-सा भी उद्वेग नहीं देख [illegible] हूँ। आप नित्य तृप्तकी भाँति अपने आपमें ही स्थित रहकर बालकोंके समान चेष्टा करते हैं (इसका क्या कारण है?) ॥ ४ ॥

समङ्ग उवाच

भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वमेतत् तु मानद।
तेषां तत्त्वानि जानामि ततो न विमना ह्यहम् ॥ ५ ॥

समङ्गजीने कहा—दूसरोंको मान देनेवाले देवर्षे! [illegible] भूत, वर्तमान और भविष्य इन [illegible] स्वरूप तथा तत्त्व जानता हूँ; इसलिये मेरे मनमें कभी विषाद नहीं होता ॥५॥

उपक्रमानहं वेद पुनरेव फलोदयान्।
लोके फलानि चित्राणि ततो न विमना ह्यहम् ॥ ६ ॥

मुझे कर्मोंके आरम्भका तथा उनके फलोदयकालका भी ज्ञान है और लोकमें जो भाँति-भाँतिके कर्मफल प्राप्त होते हैं, उनको भी [illegible] जानता हूँ; इसीलिये मेरे मनमें कभी खेद नहीं होता ॥ ६ ॥

अगाधाश्चाप्रतिष्ठाश्च गतिमन्तश्च नारद।
अन्धा जडाश्च जीवन्ति पश्यास्मानपि जीवतः ॥ ७ ॥

नारदजी! देखिये, जैसे जगत्में गम्भीर, अप्रतिष्ठित, प्रगतिशील, अन्धे और [illegible] मनुष्य भी जीवित रहते हैं, उसी प्रकार हम भी जी रहे हैं ॥ ७ ॥

विहितेनैव जीवन्ति अरोगाङ्गा दिवौकसः।
बलवन्तोऽबलाश्चैव तस्मादस्मान् सभाजय ॥ ८ ॥

नीरोग शरीरवाले देवता, बलवान् और निर्बल सभी अपने प्रारब्ध-विधानके अनुसार जीवन धारण करते हैं; अतः [illegible] भी प्रारब्धपर ही अवलम्बित रहकर किसी कर्मका आरम्भ नहीं करते हैं, इसलिये हमारे प्रति भी आप आदर बुद्धि रखें (अकर्मण्य समझकर हमारा निरादर न करें) ॥ ८ ॥

सहस्रिणोऽपि जीवन्ति जीवन्ति शतिनस्तथा।
शाकेन चान्ये जीवन्ति पश्यास्मानपि जीवतः ॥ ९ ॥

जिनके [illegible] हजारों रुपये हैं, वे भी जीते हैं। जिनके पास सैकड़ों रुपयोंका संग्रह है, वे भी जीवन धारण करते हैं। दूसरे लोग सागसे ही जीवन-निर्वाह करते हैं। उसी तरह हमें भी जीवित समझिये ॥ ९ ॥

यदा न शोचेमहि किंनु नः स्याद्
धर्मेण [illegible] नारद कर्मणा वा।
कृतान्तवश्यानि यदा सुखानि
दुःखानि वा यन्न विधर्षयन्ति ॥ १० ॥

नारदजी! जब अज्ञान दूर हो जानेके कारण हम शोक ही नहीं करते हैं तो धर्म अथवा लौकिक कर्मसे हमारा क्या प्रयोजन है। सारे सुख और दुःख कालके अधीन होनेके कारण क्षणभङ्गुर हैं, अतः वे ज्ञानी पुरुषको पराभूत नहीं कर सकते हैं ॥

यस्मै [illegible] कथयन्ते मनुष्याः
प्रज्ञामूलं हीन्द्रियाणां प्रसादः।
मुह्यन्ति शोचन्ति तथेन्द्रियाणि
प्रज्ञालाभो नास्ति मूढेन्द्रियस्य ॥ ११ ॥

ज्ञानी पुरुष जिसके लिये कहा करते हैं, उस प्रज्ञाकी जड़ है इन्द्रियोंकी निर्मलता। जिसकी इन्द्रियाँ मोह और शोकमें [illegible] मग्न हैं, उस मोहाच्छन्न इन्द्रियवाले पुरुषको कभी प्रज्ञाका लाभ नहीं मिल सकता ॥ ११ ॥

मूढस्य दर्पः [illegible] पुनर्मोह एव
मूढस्य नायं न परोऽस्ति लोकः।

न ह्येव दुःखानि सदा भवन्ति
सुखस्य वा नित्यशो लाभ एव ॥ १२ ॥

मूढ मनुष्यको गर्व होता है। उसका वह गर्व मोहरूप ही है। मूढके लिये न तो यह लोक सुखद होता है और न परलोक ही। किसीको भी न तो सदा दुःख ही उठाने पड़ते हैं और न नित्य, निरन्तर सुखका ही लाभ होता है ॥ १२ ॥

भवात्मकं सम्परिवर्तमानं
न मादृशः संज्वरं जातु कुर्यात्।
इष्टान् भोगान् नानुरुध्येत् सुखं वा
न चिन्तयेद् दुःखमभ्यागतं वा ॥ १३ ॥

संसारके स्वरूपको परिवर्तित होता देख मेरे-जैसा मनुष्य कभी संताप नहीं करता है। अभीष्ट भोग अथवा सुखका भी अनुसरण नहीं करता तथा दुःख आ जाय तो उसके लिये चिन्तित नहीं होता ॥ १३ ॥

समाहितो न स्पृहयेत् परेषां
नानागतं चाभिनन्देच्च लाभम्।
न चापि हृष्येद् विपुलेऽर्थलाभे
तथार्थनाशे च न वै विषीदेत् ॥ १४ ॥

सब प्रकारसे उपरत महापुरुष दूसरोंसे कुछ भी नहीं चाहता। भविष्यमें होनेवाले अर्थलाभका भी अभिनन्दन नहीं करता। बहुत-सी सम्पत्ति पाकर हर्षित नहीं होता तथा धनका नाश हो जानेपर भी खेद नहीं करता ॥ १४ ॥

न बान्धवा न च वित्तं न कौल्यं
न च श्रुतं न च मन्त्रा न वीर्यम्।
दुःखात् त्रातुं सर्व एवोत्सहन्ते
परत्र शीलेन तु यान्ति शान्तिम् ॥ १५ ॥

बन्धु-बान्धव, धन, उत्तम कुल, शास्त्राध्ययन, मन्त्र तथा पराक्रम—ये सब-के-सब मिलकर भी किसीको दुःखसे छुटकारा नहीं दिला सकते हैं। परलोकमें मनुष्य उत्तम स्वभावके कारण ही शान्ति पाते हैं ॥ १५ ॥

नास्ति बुद्धिरयुक्तस्य नायोगाद् विन्दते सुखम्।
धृतिश्च दुःखत्यागश्चेत्युभयं नः सुखं नृप ॥ १६ ॥

जिसका चित्त योगयुक्त नहीं है, उसे समत्व बुद्धि नहीं प्राप्त होती। योगके बिना कोई सुख नहीं पाता है। नरेश्वर! दुःखोंके सम्बन्धका त्याग और धैर्य—ये ही दोनों सुखके कारण हैं ॥ १६ ॥

प्रियं हि हर्षजननं हर्ष उत्सेकवर्धनः।
उत्सेको नरकायैव तस्मात् तान् संत्यजाम्यहम् ॥ १७ ॥

प्रिय वस्तु हर्षजनक होती है। हर्ष अभिमानको बढ़ाता है और अभिमान नरकमें ही डुबानेवाला है। इसलिये मैं इन तीनोंका त्याग करता हूँ ॥ १७ ॥

एताञ्शोकभयोत्सेकान् मोहनान् सुखदुःखयोः।
पश्यामि साक्षिवल्लोके देहस्यास्य विचेष्टनात् ॥ १८ ॥

शोक, भय और अभिमान—ये प्राणियोंको सुख-दुःखमें डालकर मोहित करनेवाले हैं; इसलिये जबतक यह शरीर चेष्टा कर रहा है, तबतक मैं इन सबको साक्षीकी भाँति देखता हूँ ॥

अर्थकामौ परित्यज्य विशोको विगतज्वरः।
तृष्णामोहौ तु संत्यज्य चरामि पृथिवीमिमाम् ॥ १९ ॥

अर्थ और कामको त्यागकर एवं तृष्णा और मोहका सर्वथा परित्याग करके मैं शोक और संतापसे रहित हुआ इस पृथ्वीपर विचरता हूँ ॥ १९ ॥

न मे मृत्योर्न चाधर्मान्न लोभान्न कुतश्चन।
पीतामृतस्येवात्यन्तमिह चामुत्र च भयम् ॥ २० ॥

जैसे अमृत पीनेवालेको मृत्युसे भय नहीं होता, उसी प्रकार मुझे भी इहलोक या परलोकमें मृत्यु, अधर्म, लोभ तथा दूसरे किसीसे भी भय नहीं है ॥ २० ॥

एतद् ब्रह्मन् विजानामि महत् कृत्वा तपोऽव्ययम्।
तेन नारद सम्प्राप्तो न मां शोकः प्रबाधते ॥ २१ ॥

ब्रह्मन्! मैंने महान् और अक्षय तप करके यही ज्ञान पाया है, अतः नारदजी! शोककी परिस्थिति उपस्थित होकर भी मुझे व्याकुल नहीं कर सकती ॥ २१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि समङ्गनारदसंवादे षडशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें समङ्ग और नारदजीका संवादविषयक दो सौ छियासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८६ ॥

सप्ताशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

नारदजीका गालव मुनिको श्रेयका उपदेश

युधिष्ठिर उवाच

अतत्त्वज्ञस्य शास्त्राणां सततं संशयात्मनः।
अकृतव्यवसायस्य श्रेयो ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! जो शास्त्रोंके तत्त्वको नहीं जानता, जिसका मन सदा संशयमें ही पड़ा रहता है तथा जिसने परमार्थके लिये कोई निश्चित ध्येय नहीं बनाया है, उस

पुरुषका कल्याण कैसे हो सकता है । यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

गुरुपूजा च सततं वृद्धानां पर्युपासनम् ।
श्रवणं चैव शास्त्राणां कूटस्थं श्रेय उच्यते ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! सदा गुरुजनोंकी पूजा, वृद्ध पुरुषोंकी सेवा और शास्त्रोंका श्रवण—ये तीन कल्याणके अमोघ साधन बताये जाते हैं ॥ २ ॥

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
गालवस्य च संवादं देवर्षेर्नारदस्य [illegible] ॥ ३ ॥

इस विषयमें भी जानकर मनुष्य देवर्षि नारद और महर्षि गालवके संवादरूप प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं ॥ ३ ॥

स्वाश्रमं समनुप्राप्तं नारदं देववर्चसम् ।
वीतमोहक्लमं विप्रं ज्ञानतृप्तं जितेन्द्रियः ।
श्रेयस्कामो यतात्मानं नारदं गालवोऽब्रवीत् ॥ ४ ॥

एक समयकी बात है, कल्याणकी इच्छा रखनेवाले जितेन्द्रिय गालव मुनिने अपने आश्रमपर पधारे हुए देवोपम तेजस्वी ब्राह्मण, मोह और क्लान्तिसे रहित, ज्ञानानन्दसे परिपूर्ण एवं मनको वशमें रखनेवाले देवर्षि नारदजीसे इस प्रकार पूछा— ॥

यैः कश्चित् सम्मतो लोके गुणैश्च पुरुषो मुने ।
भवत्यनपगान् सर्वांस्तान् गुणाँल्लक्षयामहे ॥ ५ ॥

'मुने ! संसारमें कोई भी पुरुष जिन गुणोंद्वारा सम्मानित होता है, उन समस्त गुणोंका मैं आपमें कभी अभाव नहीं देखता हूँ ॥ ५ ॥

भवानेवंविधोऽस्माकं संशयं छेत्तुमर्हति ।
अमूढश्चिरमूढानां लोकतत्त्वमजानताम् ॥ ६ ॥

'लोक-तत्त्वके ज्ञानसे शून्य और चिरकालसे अज्ञानमें पड़े हुए हम-जैसे लोगोंके संशयका निवारण सर्वगुणसम्पन्न आप-जैसा ज्ञानी महात्मा ही कर सकता है ॥ ६ ॥

ज्ञाने ह्येवं प्रवृत्तिः स्यात् कार्याणामविशेषतः ।
यत् कार्यं न व्यवस्यामस्तद् भवान् वक्तुमर्हति ॥ ७ ॥

'मुने ! शास्त्रोंमें बहुत-से कर्तव्यकर्म बताये गये हैं, उनमेंसे अमुक कर्मके इस प्रकार करनेसे ज्ञानमार्गमें प्रवृत्ति हो सकती है, इसका विशेषरूपसे हमें निश्चय नहीं हो पाता है; अतः हमारे लिये जो कर्तव्य हो और जिसका निर्धारण हम न कर पाते हों, उसे आप ही हमें बतानेकी कृपा करें ॥ ७ ॥

भगवन्नाश्रमाः सर्वे पृथगाचारदर्शिनः ।
इदं श्रेय इदं श्रेय इति सर्वे प्रबोधिताः ॥ ८ ॥

'भगवन् ! सभी आश्रमोंवाले पृथक्-पृथक् आचारका दर्शन कराते हैं तथा 'यह श्रेष्ठ है, यह श्रेष्ठ है' ऐसा उपदेश देते हुए वे (अपने ही सिद्धान्तोंकी श्रेष्ठताका प्रतिपादन करते हैं और) सभी मनुष्योंकी बुद्धिमें यही बात जमा देते हैं ॥ ८ ॥

तांस्तु विप्रस्थितान् दृष्ट्वा शास्त्रैः शास्त्राभिनन्दिनः ।
स्वशास्त्रैः परितुष्टाश्च श्रेयो नोपलभामहे ॥ ९ ॥

'जिनके मनमें वह बात बैठ गयी है, उन मनुष्योंको उन शास्त्रोंके उपदेशके अनुसार नाना प्रकारसे आचार करते चलते और अपने-अपने शास्त्रोंका अभिनन्दन करते देखकर जैसे हम अपनी मान्यतामें संतुष्ट हैं, वैसे ही उन्हें भी संतुष्ट पाकर हमारे मनमें संशय उत्पन्न हो गया है । हम यह ठीक-ठीक निश्चय नहीं कर पा रहे हैं कि परम कल्याणकी प्राप्तिका सर्वश्रेष्ठ उपाय क्या है ? ॥ ९ ॥

शास्त्रं यदि भवेदेकं श्रेयो व्यक्तं भवेत् तदा ।
[illegible] बहुभिर्भूयः श्रेयो गुह्यं प्रवेशितम् ॥ १० ॥

'यदि शास्त्र एक होता तो श्रेयकी प्राप्तिका उपाय भी एक ही होनेके कारण वह स्पष्टरूपसे समझमें आ जाता, परंतु बहुत-से शास्त्रोंने नाना प्रकारसे वर्णन करके श्रेयको गुप्त अवस्थामें पहुँचा दिया है—उसे अत्यन्त गूढ बना डाला है ॥

एतस्मात् कारणाच्छ्रेयः कलिलं प्रतिभाति मे ।
ब्रवीतु भगवांस्तन्मे उपसन्नोऽस्म्यधीहि भोः ॥ ११ ॥

'इस कारणसे मुझे श्रेयका स्वरूप संशयाच्छन्न जान पड़ता है । भगवन् ! अब आप ही मुझे उसका उपदेश दें । मैं आपकी शरणमें आया हूँ, आप [illegible] शिष्यको श्रेयोमार्गका बोध करावें' ।

नारद उवाच

आश्रमास्तात चत्वारो यथासंकल्पिताः पृथक् ।
तान् सर्वाननुपश्य त्वं समाश्रित्येति गालव ॥ १२ ॥

नारदजीने कहा—तात ! आश्रम चार हैं और शास्त्रोंमें उनकी पृथक्-पृथक् व्यवस्था की गयी है । गालव ! तुम ज्ञानका आश्रय लेकर उन सबको यथार्थरूपसे जानो ॥ १२ ॥

तेषां तेषां तथा हि त्वमाश्रमाणां ततस्ततः ।
नानारूपगुणोद्देशं पश्य विप्र स्थितं पृथक् ॥ १३ ॥

विप्रवर ! उन-उन आश्रमोंके जो नाना प्रकारके गुणमय धर्म बताये गये हैं, उनकी पृथक्-पृथक् स्थिति है । इस बात को तुम देखो और समझो ॥ १३ ॥

न यान्ति चैव ते सम्यगभिप्रेतमसंशयम् ।
अन्येऽपश्यंस्तथा सम्यगाश्रमाणां परां गतिम् ॥ १४ ॥

जो साधारण मनुष्य हैं, वे उन आश्रमोंके आन्तरिक अभिप्रायको भलीभाँति संशयरहित नहीं जान पाते, किंतु उनसे भिन्न जो तत्त्वज्ञ हैं, वे इन आश्रमोंके परम लक्ष्यको ठीक-ठीक समझते हैं ॥ १४ ॥

यत् तु निःश्रेयसं सम्यक् तच्चैवासंशयात्मकम् ॥ १५ ॥
अनुग्रहं च मित्राणाममित्राणां च निग्रहम् ।

संग्रहं च त्रिवर्गस्य श्रेय आहुर्मनीषिणः ॥ १६ ॥

जो अच्छी तरह कल्याण करनेवाला साधन होता है, वह सर्वथा संशयरहित होता है। सुहृदोंपर अनुग्रह करना, शत्रुभाव रखनेवाले दुष्टोंको दण्ड देना तथा धर्म, अर्थ और [illegible] [illegible] करना—इसे मनीषी पुरुष श्रेय कहते हैं ॥ १५-१६ ॥

निवृत्तिः कर्मणः पापात् सततं पुण्यशीलता।
सद्भिश्च समुदाचारः श्रेय एतदसंशयम् ॥ १७ ॥

पापकर्मसे दूर रहना, निरन्तर पुण्यकर्मोंमें लगे रहना और सत्पुरुषोंके साथ रहकर सदाचारका ठीक-ठीक पालन करना—यह संशयरहित कल्याणका मार्ग है ॥ १७ ॥

मार्दवं सर्वभूतेषु व्यवहारेषु चार्जवम्।
वाक् चैव मधुरा प्रोक्ता श्रेय एतदसंशयम् ॥ १८ ॥

सम्पूर्ण प्राणियोंके प्रति कोमलताका बर्ताव करना, व्यवहारमें [illegible] होना [illegible] मीठे वचन बोलना—यह भी कल्याणका संदेहरहित मार्ग है ॥ १८ ॥

दैवतेभ्यः पितृभ्यश्च संविभागोऽतिथिष्वपि।
असंत्यागश्च भृत्यानां श्रेय एतदसंशयम् ॥ १९ ॥

देवताओं, पितरों और अतिथियोंको उनका भाग देना [illegible] भरण-पोषण करनेयोग्य व्यक्तियोंका [illegible] न करना—[illegible] कल्याणका निश्चित साधन है ॥ १९ ॥

सत्यस्य वचनं श्रेयः सत्यज्ञानं तु दुष्करम्।
यद् भूतहितमत्यन्तमेतत् सत्यं ब्रवीम्यहम् ॥ २० ॥

सत्य बोलना भी श्रेयस्कर है, परंतु सत्यको यथार्थरूपसे जानना कठिन है। मैं तो उसीको सत्य कहता हूँ, जिससे प्राणियोंका [illegible] हित होता हो ॥ २० ॥

अहंकारस्य च त्यागः प्रमादस्य च निग्रहः।
संतोषश्चैकचर्या च कूटस्थं श्रेय उच्यते ॥ २१ ॥

अहंकारका त्याग, प्रमादको रोकना, संतोष और एकान्तवास—यह सुनिश्चित श्रेय कहलाता है ॥ २१ ॥

धर्मेण वेदाध्ययनं वेदाङ्गानां तथैव च।
ज्ञानार्थानां च जिज्ञासा श्रेय एतदसंशयम् ॥ २२ ॥

धर्माचरणपूर्वक वेद और वेदाङ्गोंका [illegible] करना तथा उनके सिद्धान्तको जाननेकी इच्छाको जगाये रखना निस्संदेह कल्याणका साधन है ॥ २२ ॥

शब्दरूपरसस्पर्शान् सह गन्धेन केवलान्।
नात्यर्थमुपसेवेत श्रेयसोऽर्थी कथंचन ॥ २३ ॥

जिसे कल्याणप्राप्तिकी इच्छा हो, उस मनुष्यको किसी तरह भी शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—इन विषयोंका अधिक सेवन नहीं करना चाहिये ॥ २३ ॥

नक्तंचर्यां दिवास्वप्नमालस्यं पैशुनं मदम्।
अतियोगमयोगं च श्रेयसोऽर्थी परित्यजेत् ॥ २४ ॥

कल्याण चाहनेवाला पुरुष रातमें घूमना, दिनमें सोना, आलस्य, चुगली, मादक वस्तुका सेवन, आहार-विहारका अधिक मात्रामें सेवन और उसका सर्वथा त्याग—ये सब बातें त्याग दे ॥ २४ ॥

आत्मोत्कर्षं न मार्गेत परेषां परिनिन्दया।
स्वगुणैरेव मार्गेत विप्रकर्षं पृथग्जनात् ॥ २५ ॥

दूसरोंकी निन्दा करके अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करनेका प्रयत्न न करे। साधारण मनुष्योंकी अपेक्षा जो अपनी उत्कृष्टता है, उसे अपने गुणोंद्वारा ही सिद्ध करे (बातोंसे नहीं) ॥ २५ ॥

निर्गुणास्त्वेव भूयिष्ठमात्मसम्भाविता नराः।
दोषैरन्यान् गुणवतः क्षिपन्त्यात्मगुणक्षयात् ॥ २६ ॥

गुणहीन मनुष्य ही अधिकतर अपनी प्रशंसा किया करते हैं। वे अपनेमें गुणोंकी कमी देखकर दूसरे गुणवान् पुरुषोंके गुणोंमें दोष [illegible] उनपर आक्षेप किया करते हैं ॥ २६ ॥

अनुच्यमानास्तु पुनस्ते मन्यन्तु महाजनात्।
गुणवत्तरमात्मानं स्वेन मानेन दर्पिताः ॥ २७ ॥

यदि उनको उत्तर दिया [illegible] तो फिर वे घमंडमें [illegible] अपने-आपको महापुरुषोंसे भी अधिक गुणवान् मानने लगें ॥

[illegible] कस्यचिन्निन्दामात्मपूजामवर्णयन्।
विपश्चिद् गुणसम्पन्नः प्राप्नोत्येव महद् यशः ॥ २८ ॥

परंतु जो दूसरे किसीकी निन्दा तथा अपनी प्रशंसा नहीं करता, ऐसा [illegible] गुणसम्पन्न विद्वान् पुरुष ही महान् यशका भागी होता है ॥ २८ ॥

अब्रुवन् वाति सुरभिर्गन्धः सुमनसां शुचिः।
तथैवाव्याहरन् भाति विमलो भानुरम्बरे ॥ २९ ॥

फूलोंकी पवित्र एवं मनोरम सुगन्ध बिना कुछ बोले ही महक उठती है। निर्मल सूर्य अपनी प्रशंसा किये बिना ही आकाशमें प्रकाशित होने लगते हैं ॥ २९ ॥

एवमादीनि चान्यानि परित्यक्तानि मेधया।
ज्वलन्ति यशसा लोके यानि न व्याहरन्ति च ॥ ३० ॥

इस प्रकार संसारमें और भी बहुत-सी ऐसी बुद्धिसे रहित वस्तुएँ हैं, जो अपनी प्रशंसा नहीं करती हैं, किंतु अपने यशसे जगमगाती रहती हैं ॥ ३० ॥

न लोके दीप्यते मूर्खः केवलात्मप्रशंसया।
अपि चापिहितः श्वभ्रे कृतविद्यः प्रकाशते ॥ ३१ ॥

मूर्ख मनुष्य केवल अपनी प्रशंसा करनेसे ही जगत्में ख्याति नहीं पा सकता। विद्वान् पुरुष गुफामें छिपा रहे तो भी उसकी सर्वत्र प्रसिद्धि हो जाती है ॥ ३१ ॥

असदुच्चैरपि प्रोक्तः शब्दः समुपशाम्यति।

दीप्यते त्वेव लोकेषु शनैरपि सुभाषितम् ॥ ३२ ॥

बुरी बात जोर-शोरसे कही गयी हो तो भी वह शून्यमें विलीन हो जाती है, लोकमें उसका आदर नहीं होता है; किंतु अच्छी बात धीरेसे कही जाय तो भी वह संसारमें प्रकाशित होती है—उसका आदर होता और प्रभाव बढ़ता है॥

मूढानामवलिप्तानामसारं भाषितं बहु ।
दर्शयत्यन्तरात्मानमग्निरूपमिवांशुमान् ॥ ३३ ॥

घमंडी मूर्खोंकी कही हुई असार बातें उनके दूषित अन्तःकरणका ही प्रदर्शन कराती हैं, ठीक उसी तरह जैसे सूर्य सूर्यकान्तमणिके योगसे अपने दाहक अग्निरूपको ही प्रकट करता है ॥ ३३ ॥

एतस्मात् कारणात् प्रज्ञां मृगयन्ते पृथग्विधाम् ।
प्रज्ञालाभो हि भूतानामुत्तमः प्रतिभाति मे ॥ ३४ ॥

इस कारण कल्याणकी इच्छा रखनेवाले साधु पुरुष अनेक शास्त्रोंके अध्ययनसे नाना प्रकारकी [illegible] (उत्तम बुद्धि) [illegible] ही अनुसंधान करते हैं। मुझे तो सभी प्राणियोंके लिये प्रज्ञाका लाभ ही उत्तम जान पड़ता है ॥ ३४ ॥

नापृष्टः कस्यचिद् ब्रूयान्नाप्यन्यायेन पृच्छतः ।
ज्ञानवानपि मेधावी जडवत् समुपाविशेत् ॥ ३५ ॥

बुद्धिमान् पुरुष ज्ञानवान् होनेपर भी बिना पूछे किसीको कोई उपदेश न करे। अन्यायपूर्वक पूछनेपर भी किसीके प्रश्नका उत्तर न दे। जडकी भाँति चुपचाप बैठा रहे ॥

ततो वासं परीक्षेत धर्मनित्येषु साधुषु ।
मनुष्येषु वदान्येषु स्वधर्मनिरतेषु [illegible] ॥ ३६ ॥

मनुष्यको सदा धर्ममें लगे रहनेवाले साधु-महात्माओं तथा स्वधर्मपरायण उदार पुरुषोंके समीप निवास करनेकी इच्छा रखनी चाहिये ॥ ३६ ॥

चतुर्णां यत्र वर्णानां धर्मव्यतिकरो भवेत् ।
न [illegible] वासं कुर्वीत श्रेयोऽर्थी वै कथंचन ॥ ३७ ॥

जहाँ चारों वर्णोंके धर्मोंका उल्लङ्घन होता हो, वहाँ कल्याणकी इच्छावाले पुरुषको किसी तरह भी नहीं रहना चाहिये ॥ ३७ ॥

निरारम्भोऽप्ययमिह यथालब्धोपजीवनः ।
पुण्यं पुण्येषु विमलं पापं पापेषु चाप्नुयात् ॥ ३८ ॥

किसी कर्मका आरम्भ न करनेवाला और जो कुछ मिल जाय, उसीसे जीवन-निर्वाह करनेवाला पुरुष भी यदि पुण्यात्माओंके समाजमें रहे तो उसे निर्मल पुण्यकी प्राप्ति होती है और पापियोंके संसर्गमें रहे तो वह पापका ही भागी होता है॥

अपामग्नेस्तथेन्दोश्च स्पर्शं वेदयते यथा ।
[illegible] पश्यामहे स्पर्शमुभयोः पुण्यपापयोः ॥ ३९ ॥

जैसे जल, अग्नि और चन्द्रमाकी किरणोंके [illegible] आनेपर मनुष्य क्रमशः शीत, उष्ण और सुखदायी स्पर्शका अनुभव करता है, उसी प्रकार हम पुण्यात्मा और पापियोंके संगसे पुण्य और पाप दोनोंके स्पर्शका प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं॥

अपश्यन्तोऽनुविषयं भुञ्जते विघसाशिनः ।
भुञ्जानाश्चात्मविषयान् विषयान् विद्धि कर्मणाम् ॥ ४० ॥

जो विघसाशी (भृत्यवर्ग और अतिथि आदिको भोजन करानेके बाद बचा हुआ भोजन करनेवाले) हैं, वे तिक्त-मधुर रस या स्वादकी आलोचना न करते हुए अन्न ग्रहण करते हैं; किंतु जो अपनी रसनाका विषय समझकर स्वादु और अस्वादुका विचार रखते हुए भोजन करते हैं, उन्हें कर्मपाशमें बँधा हुआ ही समझना चाहिये ॥ ४० ॥

यत्रागमयमानानामसत्कारेण पृच्छताम् ।
प्रब्रूयाद् ब्राह्मणो धर्मं त्यजेत् तं देशमात्मवान् ॥ ४१ ॥

जहाँ ब्राह्मण अनादर एवं अन्यायपूर्वक धर्म शास्त्रविषयक प्रश्न करनेवाले पुरुषोंको धर्मका उपदेश करता हो, आत्मपरायण साधकको उस देशका परित्याग कर देना चाहिये ॥

शिष्योपाध्यायिकावृत्तिर्यत्र स्यात् सुसमाहिता ।
यथावच्छास्त्रसम्पन्ना कस्तं देशं परित्यजेत् ॥ ४२ ॥

जहाँ गुरु और शिष्यका व्यवहार सुव्यवस्थित, [illegible] सम्मत एवं यथावत् रूपसे चलता है, कौन उस देशका परित्याग करेगा ? ॥ ४२ ॥

आकाशस्था ध्रुवं यत्र दोषं ब्रूयुर्विपश्चिताम् ।
आत्मपूजाभिकामो वै को वसेत् तत्र पण्डितः ॥ ४३ ॥

जहाँके लोग बिना किसी आधारके ही विद्वान् पुरुषोंपर निश्चितरूपसे दोषारोपण करते हों, उस देशमें आत्मसम्मानकी इच्छा रखनेवाला कौन मनुष्य निवास करेगा ? ॥ ४३ ॥

[illegible] संलोडिता लुब्धैः प्रायशो धर्मसेतवः ।
प्रदीप्तमिव चैलान्तं कस्तं देशं [illegible] संत्यजेत् ॥ ४४ ॥

जहाँ लालची मनुष्योंने प्रायः धर्मकी मर्यादाएँ तोड़ डाली हों, जलते हुए कपड़ेकी भाँति उस देशको कौन नहीं त्याग देगा [illegible] ॥ ४४ ॥

यत्र धर्ममनाशङ्काश्चरेयुर्वीतमत्सराः ।
भवेत् तत्र वसेच्चैव पुण्यशीलेषु साधुषु ॥ ४५ ॥

परंतु जहाँके लोग मात्सर्य और शङ्कासे रहित होकर धर्मका आचरण करते हों, वहाँ पुण्यशील साधु पुरुषोंके पास अवश्य निवास करे ॥ ४५ ॥

धर्ममर्थनिमित्तं च चरेयुर्यत्र मानवाः ।
नताननुवसेज्जातु ते हि पापकृतो जनाः ॥ ४६ ॥

जहाँके मनुष्य धनके लिये धर्मका अनुष्ठान करते हों,

वहाँ उनके पास कदापि न रहे; क्योंकि वे सब-के-सब पापाचारी होते हैं ॥ ४६ ॥

कर्मणा यत्र पापेन वर्तन्ते जीवितेप्सवः ।
व्यवधावेत् ततस्तूर्णं ससर्पाच्छरणादिव ॥ ४७ ॥

जहाँ जीवनकी रक्षाके लिये लोग पापकर्मसे जीविका चलाते हों, सर्पयुक्त घरके समान उस स्थानसे तुरंत दूर हट जाना चाहिये ॥ ४७ ॥

येन खट्वां [illegible] कर्मणानुशयी भवेत् ।
आदितस्तन्न कर्तव्यमिच्छता [illegible] ॥ ४८ ॥

अपनी उन्नति चाहनेवाले साधकको चाहिये [illegible] जिस पापकर्मके संस्कारोंसे युक्त हुआ मनुष्य खाटपर पड़कर दुःख भोगता है, [illegible] कर्मको पहलेसे ही न करे ॥ ४८ ॥

यत्र राजा च [illegible] पुरुषाः प्रत्यनन्तराः ।
कुटुम्बिनामग्रभुजस्त्यजेत् तद् राष्ट्रमात्मवान् ॥ ४९ ॥

जहाँ [illegible] और राजाके निकटवर्ती अन्य पुरुष कुटुम्बीजनोंसे पहले ही भोजन कर लेते हैं, [illegible] राष्ट्रको मनस्वी पुरुष अवश्य त्याग दे ॥ ४९ ॥

श्रोत्रियास्त्वग्रभोक्तारो धर्मनित्याः सनातनाः ।
याजनाध्यापने युक्ता यत्र तद् राष्ट्रमावसेत् ॥ ५० ॥

जिस देशमें [illegible] धर्मपरायण, यज्ञ कराने और पढ़ाने[illegible] कार्यमें संलग्न सनातनधर्मी श्रोत्रिय ब्राह्मण ही सबसे पहले भोजन पाते हों, [illegible] राष्ट्रमें अवश्य निवास करे ॥ ५० ॥

स्वाहास्वधावषट्कारा [illegible] सम्यगनुष्ठिताः ।
अजस्रं चैव वर्तन्ते वसेत् तत्राविचारयन् ॥ ५१ ॥

जहाँ स्वाहा (अग्निहोत्र), [illegible] (श्राद्धकर्म) तथा वषट्कारका भलीभाँति अनुष्ठान होता हो और निरन्तर ये सभी कर्म किये जाते हों, वहाँ बिना विचारे ही निवास [illegible] चाहिये ॥ ५१ ॥

अशुचीन् यत्र पश्येत ब्राह्मणान् वृत्तिकर्शितान् ।
त्यजेत् तद् राष्ट्रमासन्नमुपसृष्टमिवामिषम् ॥ ५२ ॥

जहाँ ब्राह्मणोंको जीविकाके लिये [illegible] पाते [illegible] अपवित्र अवस्थामें रहते देखे, उस राष्ट्रको निकटवर्ती होनेपर भी विषमिश्रित भोग्यवस्तुकी भाँति त्याग दे ॥ ५२ ॥

प्रीयमाणा [illegible] [illegible] प्रयच्छेयुरयाचिताः ।
स्वस्थचित्तो वसेत् [illegible] [illegible] इवात्मवान् ॥ ५३ ॥

जहाँके लोग प्रसन्नतापूर्वक बिना माँगे ही भिक्षा देते हों, वहाँ मनको वशमें करनेवाला पुरुष कृतकृत्यकी भाँति स्वस्थचित्त होकर निवास करे ॥ ५३ ॥

दण्डो यत्राविनीतेषु [illegible] कृतात्मसु ।
चरेत् [illegible] वसेच्चैव पुण्यशीलेषु साधुषु ॥ ५४ ॥

जहाँ उद्दण्ड पुरुषोंको दण्ड दिया [illegible] हो और जितात्मा पुरुषोंका [illegible] किया जाता हो, वहाँ पुण्यशील श्रेष्ठ पुरुषोंके बीच विचरना और निवास करना चाहिये ॥

उपसृष्टेषु दान्तेषु दुराचारेषु साधुषु ।
अविनीतेषु लुब्धेषु सुमहद् दण्डधारणम् ॥ ५५ ॥

जो जितेन्द्रिय पुरुषोंपर क्रोध और श्रेष्ठ पुरुषोंपर अत्या[illegible] करते हों, उद्दण्ड और लोभी हों, ऐसे लोगोंको जहाँ अत्यन्त कठोर और महान् दण्ड दिया जाता हो, [illegible] देशमें बिना विचारे निवास करना चाहिये ॥ ५५ ॥

[illegible] [illegible] धर्मनित्यो राज्यं धर्मेण पालयेत् ।
अपास्य कामान् कामेशो वसेत् तत्राविचारयन् ॥ ५६ ॥

जहाँका राजा सदा धर्मपरायण रहकर धर्मानुसार [illegible] राज्यका पालन करता हो और सम्पूर्ण कामनाओंका स्वामी होकर भी विषयभोगसे विमुख रहता हो, वहाँ बिना [illegible] सोचे-विचारे निवास [illegible] चाहिये ॥ ५६ ॥

यथाशीला हि [illegible] सर्वान् विषयवासिनः ।
श्रेयसा योजयत्याशु श्रेयसि प्रत्युपस्थिते ॥ ५७ ॥

क्योंकि राजाके शील-स्वभाव जैसे होते हैं, वैसे ही प्रजाके भी हो जाते हैं । [illegible] अपने कल्याणका अवसर उपस्थित होनेपर [illegible] प्रजाको भी शीघ्र ही [illegible] भागी [illegible] देता है ॥ ५७ ॥

पृच्छतस्ते मया [illegible] श्रेय एतदुदाहृतम् ।
न हि शक्यं प्रधानेन श्रेयः संख्यातुमात्मनः ॥ ५८ ॥

[illegible] ! मैंने तुम्हारे प्रश्नके अनुसार यह श्रेयोमार्गका वर्णन किया है । पूर्णतया तो आत्मकल्याणकी परिगणना हो ही नहीं सकती ॥ ५८ ॥

एवं प्रवर्तमानस्य वृत्तिं प्राणिहितात्मनः ।
तपसैवेह बहुलं श्रेयो व्यक्तं भविष्यति ॥ ५९ ॥

जो इस प्रकारकी वृत्तिसे रहकर जीविका चलाता है और प्राणियोंके हितमें मन लगाये रहता है, उस पुरुषको स्वधर्मरूप तपके अनुष्ठानसे इस लोकमें ही परम कल्याणकी [illegible] उपलब्धि हो जायगी ॥ ५९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि श्रेयोवाचिको [illegible] सप्ताशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें श्रेयोमार्गका प्रतिपादन नामक दो सौ सतासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८७ ॥

अष्टाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

अरिष्टनेमिका राजा सगरको वैराग्योत्पादक मोक्षविषयक उपदेश

युधिष्ठिर उवाच

कथं नु युक्तः पृथिवीं चरेदस्मद्विधो नृपः।
नित्यं कैश्च गुणैर्युक्तः संगपाशाद् विमुच्यते ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—दादाजी! मेरे-जैसा राजा कैसे साधन और व्यवहारसे युक्त होकर पृथ्वीपर विचरे और किन गुणोंसे सम्पन्न होकर आसक्तिके बन्धनसे मुक्त हो?॥ १॥

भीष्म उवाच

अत्र ते वर्तयिष्येऽहमितिहासं पुरातनम्।
अरिष्टनेमिना प्रोक्तं सगरायानुपृच्छते ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! इस विषयमें राजा सगरके प्रश्न करनेपर अरिष्टनेमिने जो उत्तर दिया था, वह प्राचीन इतिहास मैं तुम्हें बताऊँगा ॥ २ ॥

सगर उवाच

किं श्रेयः परमं ब्रह्मन् कृत्वेह सुखमश्नुते।
कथं न शोचेन्न क्षुभ्येदेतदिच्छामि वेदितुम् ॥ ३ ॥

सगरने पूछा—ब्रह्मन्! इस जगत्‌में मनुष्य किस परम कल्याणकारी कर्मका अनुष्ठान करके सुखका भागी होता है? तथा किस उपायसे उसे शोक या क्षोभ प्राप्त नहीं होता? यह मैं जानना चाहता हूँ ॥ ३ ॥

भीष्म उवाच

एवमुक्तस्तदा तार्क्ष्यः सर्वशास्त्रविदां वरः।
विबुध्य सम्पदं चाग्र्यां सद्वाक्यमिदमब्रवीत् ॥ ४ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! राजा सगरके इस प्रकार पूछनेपर सम्पूर्ण शास्त्रज्ञोंमें श्रेष्ठ तार्क्ष्य (अरिष्टनेमि) ने उनमें सर्वोत्तम दैवी सम्पत्तिके गुण जानकर उनको इस प्रकार उत्तम उपदेश दिया—॥ ४ ॥

सुखं मोक्षसुखं लोके न च मूढोऽवगच्छति।
प्रसक्तः पुत्रपशुषु धनधान्यसमाकुलः ॥ ५ ॥

'सगर! संसारमें मोक्षका सुख ही वास्तविक सुख है, परंतु जो धनधान्यके उपार्जनमें व्यग्र तथा पुत्र और पशुओंमें आसक्त है, उस मूढ़ मनुष्यको उसका यथार्थ ज्ञान नहीं होता ॥ ५ ॥

सक्तबुद्धिरशान्तात्मा न शक्यं तच्चिकित्सितुम्।
स्नेहपाशसितो मूढो न स मोक्षाय कल्पते ॥ ६ ॥

'जिसकी बुद्धि विषयोंमें आसक्त है, जिसका मन अशान्त रहता है, ऐसे मनुष्यकी चिकित्सा करनी कठिन है; क्योंकि जो स्नेहके बन्धनमें बँधा हुआ है, वह मूढ मोक्ष पानेके लिये योग्य नहीं होता ॥ ६ ॥

स्नेहजानिह ते पाशान् वक्ष्यामि शृणु तान् मम।
सकर्णकेन शिरसा शक्याः श्रोतुं विजानता ॥ ७ ॥

'मैं तुम्हें स्नेहजनित बन्धनोंका परिचय देता हूँ, उन्हें तुम मुझसे सुनो। श्रवणेन्द्रियसम्पन्न समझदार मनुष्य ही ऐसी बातोंको बुद्धिपूर्वक सुन सकता है ॥ ७ ॥

सम्भाव्य पुत्रान् कालेन यौवनस्थान् निवेश्य च।
समर्थान् जीवने ज्ञात्वा मुक्तश्चर यथासुखम् ॥ ८ ॥

'समयानुसार पुत्रोंको उत्पन्न करके जब वे जवान हो जायँ, तब उनका विवाह कर दो और जब यह मालूम हो जाय कि अब ये दूसरेके सहयोगके बिना ही जीवन-निर्वाह करनेमें समर्थ हैं, तब उनके स्नेह-पाशसे मुक्त हो सुखपूर्वक विचरो ॥ ८ ॥

भार्यां पुत्रवतीं वृद्धां लालितां पुत्रवत्सलाम्।
ज्ञात्वा प्रजहि कालेन परार्थमनुदृश्य च ॥ ९ ॥

'पत्नी पुत्रवती होकर बूढ़ी हो गयी। अब पुत्रगण उसका लालन करते हैं और वह भी पुत्रोंपर पूर्ण वात्सल्य रखती है, यह जानकर परम पुरुषार्थ मोक्षको अपना लक्ष्य बनाकर यथासमय उसका परित्याग कर दे ॥ ९ ॥

सापत्यो निरपत्यो वा मुक्तश्चर यथासुखम्।
इन्द्रियैरिन्द्रियार्थांस्त्वमनुभूय यथाविधि ॥ १० ॥
कृतकौतूहलस्तेषु मुक्तश्चर यथासुखम्।

'शास्त्र-विधिके अनुसार इन्द्रियोंद्वारा इन्द्रियोंके विषयोंका अनुभव करके जब तुम उनके खेलको पूरा कर चुको, तब संतान हुई हो चाहे न हुई हो, उनसे मुक्त होकर सुखपूर्वक विचरो ॥ १०½ ॥

उपपत्त्योपलब्धेषु लोकेषु च समो भव ॥ ११ ॥

'दैवेच्छासे जो भी लौकिक पदार्थ उपलब्ध हों, उनमें समान भाव रक्खो—राग-द्वेष न करो ॥ ११ ॥

एष तावत् समासेन तव संकीर्तितो मया।
मोक्षार्थो विस्तरेणाथ भूयो वक्ष्यामि तच्छृणु ॥ १२ ॥

'यह संक्षेपमें मैंने तुम्हें मोक्षका विषय बताया है। अब पुनः इसीको विस्तारके साथ बता रहा हूँ, सुनो ॥ १२ ॥

मुक्ता वीतभया लोके चरन्ति सुखिनो नराः।
सक्तभावा विनश्यन्ति नरास्तत्र न संशयः ॥ १३ ॥
आहारसंचयाश्चैव तथा कीटपिपीलिकाः।
असक्ताः सुखिनो लोके सक्ताश्चैव विनाशिनः ॥ १४ ॥

'मुक्त पुरुष सुखी होते हैं और संसारमें निर्भय होकर विचरते हैं; किंतु जिनका चित्त विषयोंमें आसक्त होता है, वे कीड़े-मकोड़ोंकी भाँति आहारका संग्रह करते-करते ही नष्ट हो जाते हैं, इसमें संशय नहीं है; अतः जो आसक्तिसे रहित हैं, वे ही इस संसारमें सुखी हैं। आसक्त मनुष्योंका तो नाश ही होता है ॥ १३-१४ ॥

स्वजने न च ते चिन्ता कर्तव्या मोक्षबुद्धिना ।
इमे मया विनाभूता भविष्यन्ति कथं त्विति ॥ १५ ॥

'यदि तुम्हारी बुद्धि मोक्षमें लगी हुई है तो तुम्हें स्वजनोंके विषयमें ऐसी चिन्ता नहीं करनी चाहिये कि ये मेरे बिना कैसे रहेंगे ॥ १५ ॥

स्वयमुत्पद्यते जन्तुः स्वयमेव विवर्धते ।
सुखदुःखे तथा मृत्युं स्वयमेवाधिगच्छति ॥ १६ ॥

'प्राणी स्वयं जन्म लेता है, स्वयं बढ़ता है और स्वयं ही सुख-दुःख तथा मृत्युको प्राप्त होता है ॥ १६ ॥

भोजनाच्छादने चैव मात्रा पित्रा च संग्रहम् ।
स्वकृतेनाधिगच्छन्ति लोके नास्त्यकृतं पुरा ॥ १७ ॥

'मनुष्य पूर्वजन्मके कर्मोंके अनुसार ही भोजन, वस्त्र तथा अपने माता-पिताके द्वारा संग्रह किया हुआ धन प्राप्त करता है। संसारमें जो कुछ मिलता है, वह पूर्वकृत कर्मोंके फलके अतिरिक्त कोई वस्तु नहीं है ॥ १७ ॥

धात्रा विहितभक्ष्याणि सर्वभूतानि मेदिनीम् ।
लोके विपरिधावन्ति रक्षितानि स्वकर्मभिः ॥ १८ ॥

'संसारमें सभी प्राणी अपने कर्मोंसे सुरक्षित हो सारी पृथ्वीकी दौड़ लगाते हैं और विधाताने उनके प्रारब्धके अनुसार जो आहार नियत कर दिया है, उसे प्राप्त करते हैं ॥

स्वयं मृत्पिण्डभूतस्य परतन्त्रस्य सर्वदा ।
को हेतुः स्वजनं पोष्टुं रक्षितुं वाप्दृढात्मनः ॥ १९ ॥

'जो स्वयं ही शरीरकी दृष्टिसे मिट्टीका लौंदामात्र है, सर्वदा परतन्त्र है, वह दुर्बल मनवाला मनुष्य स्वजनोंका पोषण और रक्षण करनेमें कैसे समर्थ हो सकता है ? ॥१९॥

स्वजनं हि यदा मृत्युर्हन्त्येव तव पश्यतः ।
कृतेऽपि यत्ने महति तत्र बोद्धव्यमात्मना ॥ २० ॥

'जब स्वजनोंको तुम्हारे देखते-देखते मौत मार ही डालती है और तुम उन्हें बचानेके लिये महान् प्रयत्न करनेपर भी सफल नहीं हो पाते, तब इस विषयमें तुम्हें स्वयं ही यह विचार करना चाहिये कि मेरी क्या शक्ति है ? ॥ २०॥

जीवन्तमपि चैवैनं भरणे रक्षणे तथा ।
असमाप्ते परित्यज्य पश्चादपि मरिष्यसि ॥ २१ ॥

'यदि ये स्वजन जीवित रह जायँ तो भी इनके भरण-पोषण और संरक्षणका कार्य समाप्त होनेसे पहले ही तुम इन्हें छोड़कर पीछे तुम भी तो मर जाओगे ॥ २१ ॥

यदा मृतं च स्वजनं न ज्ञास्यसि कदाचन ।
सुखितं दुःखितं वापि ननु बोद्धव्यमात्मना ॥ २२ ॥

'अथवा जब कोई स्वजन मरकर इस लोकसे चला जायगा, तब उसके विषयमें यह कभी नहीं जान सकोगे कि वह सुखी है या दुःखी, अतः इस विषयमें तुम्हें स्वयं ही विचार करना चाहिये ॥ २२ ॥

मृते वा त्वयि जीवे वा यदा भोक्ष्यति वै जनः ।
स्वकृतं ननु बुद्‌ध्वैवं कर्तव्यं हितमात्मनः ॥ २३ ॥

'तुम जीवित रहो या मर जाओ। तुम्हारा प्रत्येक स्वजन जब अपनी-अपनी करनीका ही फल भोगेगा, तब इस बातको जानकर तुम्हें भी अपने कल्याणके ही साधनमें लग जाना चाहिये ॥ २३ ॥

एवं विज्ञानँल्लोकेऽस्मिन् कः कस्येत्यभिनिश्चितः ।
मोक्षे निवेशय मनो भूयश्चाप्युपधारय ॥ २४ ॥

'ऐसा जानकर, इस संसारमें कौन किसका है, इस बातका भलीभाँति विचार करके अपने मनको मोक्षमें लगा दो और फिर ही पुनः इस बातपर ध्यान दो ॥ २४ ॥

क्षुत्पिपासादयो भावा जिता यस्येह देहिनः ।
क्रोधो लोभस्तथा मोहः सत्त्ववान् मुक्त एव सः ॥ २५ ॥

'जिसने क्षुधा, पिपासा, क्रोध, लोभ और मोह आदि भावोंपर विजय पा ली है, वह सत्त्वसम्पन्न पुरुष सदा मुक्त ही है ॥ २५ ॥

द्यूते पाने तथा स्त्रीषु मृगयायां च यो नरः ।
न प्रमाद्यति सम्मोहात् सततं मुक्त एव सः ॥ २६ ॥

'जो मोहवश जूआ, मद्यपान, परस्त्रीसंसर्ग तथा मृगया आदि व्यसनोंमें आसक्त होनेका प्रमाद नहीं करता है, वह भी सदा मुक्त ही है ॥ २६ ॥

दिवसे दिवसे नाम रात्रौ रात्रौ पुमान् सदा ।
भोक्तव्यमिति यः खिन्नो दोषबुद्धिः स उच्यते ॥ २७ ॥

'जो पुरुष सदा प्रत्येक दिन और प्रत्येक रात्रिमें भोग भोगने या भोजन करनेकी ही चिन्तामें पड़कर दुःखी रहता है, वह दोषबुद्धिसे युक्त कहलाता है ॥ २७ ॥

आत्मभावं तथा स्त्रीषु मुक्तमेव पुनः पुनः ।
यः पश्यति सदा युक्तो यथावन्मुक्त एव सः ॥ २८ ॥

'जो सदा योगयुक्त रहकर स्त्रियोंके प्रति अपने भाव (अनुराग या आसक्ति) को निवृत्त हुआ ही देखता है

अर्थात् जिसकी स्त्रियोंके प्रति भोग्यबुद्धि नहीं होती, वही वास्तवमें मुक्त है ॥ २८ ॥

सम्भवं च विनाशं च भूतानां चेष्टितं तथा।
यस्तत्त्वतो विजानाति लोकेऽस्मिन् मुक्त एव सः ॥ २९ ॥

'जो प्राणियोंके जन्म, मृत्यु और चेष्टाओंको ठीक-ठीक जानता है, वह भी इस संसारमें मुक्त ही है ॥ २९ ॥

प्रस्थं वाहसहस्रेषु यात्रार्थं चैव कोटिषु।
प्रासादे मञ्चकं स्थानं यः पश्यति स मुच्यते ॥ ३० ॥

'जो हजारों और करोड़ों गाड़ी अन्नमेंसे केवल एक प्रस्थ (पेट भरने लायक) को ही अपने जीवननिर्वाहके लिये पर्याप्त समझता है (उससे अधिकका संग्रह करना नहीं चाहता) तथा बड़े-से-बड़े महलमें मॉच बिछाने भरकी जगहको ही अपने लिये पर्याप्त समझता है, वह मुक्त हो जाता है ॥ ३० ॥

मृत्युनाभ्याहतं लोकं व्याधिभिश्चोपपीडितम्।
अवृत्तिकर्शितं चैव यः पश्यति स मुच्यते ॥ ३१ ॥

'जो इस जगत्को रोगोंसे पीड़ित, जीविकाके अभावसे दुर्बल और मृत्युके आघातसे आहत हुआ देखता है, वह मुक्त हो जाता है ॥ ३१ ॥

स पश्यति स संतुष्टो न पश्यंश्च विहन्यते।
यश्चाप्यल्पेन संतुष्टो लोकेऽस्मिन् मुक्त एव सः ॥ ३२ ॥

'जो ऐसा देखता है, वह संतुष्ट एवं मुक्त होता है; किंतु जो ऐसा नहीं देखता, वह मारा जाता है—जन्म-मृत्युके चक्रमें पड़ा रहता है। जो थोड़ेसे लाभमें ही संतुष्ट रहता है, वह भी जगत्में मुक्त ही है ॥ ३२ ॥

अग्नीषोमाविदं सर्वमिति यश्चानुपश्यति।
न च संस्पृश्यते भावैरद्भुतैर्मुक्त एव सः ॥ ३३ ॥

'जो इस सम्पूर्ण जगत्को अग्नि और सोम (भोक्ता और भोज्य) रूप ही देखता है और स्वयंको उनसे भिन्न मानता है, उसे मायाके अद्भुत भाव—सुख-दुःख आदि छू नहीं सकते। वह सर्वथा मुक्त ही है ॥ ३३ ॥

पर्यङ्कशय्या भूमिश्च समाने यस्य देहिनः।
शालयश्च कदन्नं च यस्य स्यान्मुक्त एव सः ॥ ३४ ॥

'जिस देहधारीके लिये पलंगकी सेज और भूमि—दोनों समान हैं; जो अगहनीके चावल और कोदो आदिको एक-सा समझता है, वह मुक्त ही है ॥ ३४ ॥

क्षौमं च कुशचीरं च कौशेयं वल्कलानि च।
आविकं चर्म च समं यस्य स्यान्मुक्त एव सः ॥ ३५ ॥

जिसके लिये सनके वस्त्र, कुशके चीर, रेशमी वस्त्र, वल्कल, ऊनी वस्त्र और मृगचर्म—सब समान है, वह भी मुक्त ही है ॥ ३५ ॥

पञ्चभूतसमुद्भूतं लोकं यश्चानुपश्यति।
तथा च वर्तते दृष्ट्वा लोकेऽस्मिन् मुक्त एव सः ॥ ३६ ॥

'जो संसारको पाञ्चभौतिक देखता और उस दृष्टिके अनुसार ही बर्ताव करता है, वह भी इस जगत्में मुक्त ही है ॥ ३६ ॥

सुखदुःखे समे यस्य लाभालाभौ जयाजयौ।
इच्छाद्वेषौ भयोद्वेगौ सर्वथा मुक्त एव सः ॥ ३७ ॥

'जिसकी दृष्टिमें सुख-दुःख, लाभ-हानि, जय-पराजय सम हैं तथा जिसके इच्छा-द्वेष, भय और उद्वेग सर्वथा नष्ट हो गये हैं, वही मुक्त है ॥ ३७ ॥

रक्तमूत्रपुरीषाणां दोषाणां संचयांस्तथा।
शरीरं दोषबहुलं दृष्ट्वा चैव विमुच्यते ॥ ३८ ॥

'यह शरीर क्या है, बहुत से दोषोंका भण्डार। इसमें रक्त, मल-मूत्र तथा और भी अनेक दोषोंका संचय हुआ है। जो इस बातको देखता और समझता है, वह मुक्त हो जाता है ॥ ३८ ॥

वलीपलितसंयोगे कार्श्यं वैवर्ण्यमेव च।
कुब्जभावं च जरया यः पश्यति स मुच्यते ॥ ३९ ॥

'बुढ़ापा आनेपर इस शरीरमें झुर्रियाँ पड़ जाती हैं। सिरके बाल सफेद हो जाते हैं। देह दुबली-पतली एवं कान्तिहीन हो जाती है तथा कमर झुक जानेके कारण मनुष्य कुबड़ा-सा हो जाता है। इन सब बातोंकी ओर जिसकी सदा ही दृष्टि रहती है, वह मुक्त हो जाता है ॥ ३९ ॥

पुंस्त्वोपघातं कालेन दर्शनोपरमं तथा।
बाधिर्यं प्राणमन्दत्वं यः पश्यति स मुच्यते ॥ ४० ॥

'समय आनेपर पुरुषत्व नष्ट हो जाता है, आँखोंसे दिखायी नहीं देता है, कान बहरे हो जाते हैं और प्राणशक्ति अत्यन्त क्षीण हो जाती है। इन सब बातोंको जो सदा देखता और इनपर विचार करता रहता है, वह संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥ ४० ॥

गतानृषींस्तथा देवानसुरांश्च तथा गतान्।
लोकादस्मात् परं लोकं यः पश्यति स मुच्यते ॥ ४१ ॥

'कितने ही ऋषि, देवता तथा असुर इस लोकसे परलोकको चले गये। जो सदा यह देखता और स्मरण करता है, वह मुक्त हो जाता है ॥ ४१ ॥

प्रभावैरन्वितास्तैस्तैः पार्थिवेन्द्राः सहस्रशः।
ये गताः पृथिवीं त्यक्त्वा इति ज्ञात्वा विमुच्यते ॥ ४२ ॥

'सहस्रों प्रभावशाली नरेश इस पृथ्वीको छोड़कर कालके गालमें चले गये। इस बातको जानकर मनुष्य मुक्त हो जाता है ॥ ४२ ॥

अर्थाश्च दुर्लभाँल्लोके क्लेशांश्च सुलभांस्तथा।

दुःखं चैव कुटुम्बार्थे यः पश्यति स मुच्यते ॥ ४३ ॥

'संसारमें धन दुर्लभ है और क्लेश सुलभ। कुटुम्बके पालन-पोषणके लिये भी जहाँ बहुत दुःख उठाना पड़ता है, यह [illegible] जिसकी दृष्टिमें है, [illegible] मुक्त हो जाता है ॥ ४३ ॥

अपत्यानां च वैगुण्यं जनं विगुणमेव च।
पश्यन् भूयिष्ठशो लोके को मोक्षं नाभिपूजयेत् ॥ [illegible] ॥

'इतना ही नहीं, इस जगत्में अपनी संतानोंकी गुणहीनता-[illegible] दुःख भी देखना पड़ता है। विपरीत गुणवाले मनुष्योंसे भी सम्बन्ध हो जाता है। [illegible] प्रकार जो यहाँ अधिकांश [illegible] ही देखता है, ऐसा कौन मनुष्य मोक्षका आदर नहीं करेगा? ॥ ४४ ॥

शास्त्राल्लोकाच्च यो बुद्धः सर्वं पश्यति मानवः।
असारमिव मानुष्यं सर्वथा मुक्त एव [illegible] ॥ ४५ ॥

'जो मनुष्य शास्त्रोंके अध्ययन तथा लौकिक अनुभवसे भी ज्ञानसम्पन्न होकर [illegible] मानव-जगत्को सारहीन-सा देखता है, [illegible] प्रकारसे मुक्त ही है ॥ ४५ ॥

एतच्छ्रुत्वा मम वचो भवांश्चरतु मुक्तवत्।
गार्हस्थ्ये यदि वा मोक्षे कृता बुद्धिरविक्लवा ॥ ४६ ॥

'मेरे इस वचनको सुनकर तुम अपनी बुद्धिको व्याकुलतासे रहित बनाकर गृहस्थाश्रममें [illegible] संन्यास-आश्रममें चाहे जहाँ रहकर मुक्तकी भाँति आचरण करो' ॥ ४६ ॥

तत् तस्य वचनं श्रुत्वा सम्यक् स पृथिवीपतिः।
मोक्षजैश्च गुणैर्युक्तः पालयामास च प्रजाः ॥ ४७ ॥

राजा सगर अरिष्टनेमिके उपर्युक्त उपदेशको भलीभाँति सुनकर मोक्षोपयोगी गुणोंसे सम्पन्न हो प्रजाका पालन करने लगे ॥ ४७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि सगरारिष्टनेमिसंवादेऽष्टाशीत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २८८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें सगर और अरिष्टनेमिका संवादविषयक दो सौ अट्ठासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८८ ॥

एकोननवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

भृगुपुत्र उशनाका चरित्र और उन्हें शुक्र नामकी प्राप्ति

युधिष्ठिर उवाच

विद्यते मे [illegible] [illegible] कौतूहलमिदं हृदि।
तदहं श्रोतुमिच्छामि [illegible] कुरुपितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—तात! कुरुकुलके पितामह! मेरे हृदयमें चिरकालसे यह एक कौतूहलपूर्ण प्रश्न खड़ा है, जिसका समाधान मैं आपके मुखसे सुनना चाहता हूँ ॥ १ ॥

कथं देवर्षिरुशना सदा काव्यो महामतिः।
असुराणां प्रियकरः सुराणामप्रिये रतः ॥ २ ॥

परम बुद्धिमान् कवित्वसम्पन्न देवर्षि उशना क्यों सदा [illegible] असुरोंका प्रिय तथा देवताओंका अप्रिय करनेमें लगे रहते हैं? ॥ २ ॥

वर्धयामास तेजश्च किमर्थममितौजसाम्।
नित्यं वैरनिबद्धाश्च दानवाः सुरसत्तमैः ॥ ३ ॥

उन्होंने अमित तेजस्वी दानवोंका तेज किसलिये बढ़ाया? दानव तो सदा श्रेष्ठ देवताओंके साथ वैर ही बाँधे रहते हैं ॥ ३ ॥

कथं चाप्युशना प्राप शुक्रत्वममरद्युतिः।
ऋद्धिं च स कथं प्राप्तः सर्वमेतद् वदस्व मे ॥ ४ ॥

देवोपम तेजस्वी मुनिवर उशनाका नाम शुक्र क्यों हो गया? उन्हें ऋद्धि कैसे प्राप्त हुई? यह [illegible] मुझे बताइये ॥

न याति च [illegible] तेजस्वी मध्येन नभसः कथम्।
एतदिच्छामि विज्ञातुं निखिलेन पितामह ॥ ५ ॥

पितामह! देवर्षि उशना हैं तो बड़े तेजस्वी; परंतु [illegible] आकाशके बीचसे होकर क्यों नहीं जाते? इन सब बातोंको [illegible] पूर्णरूपसे जानना चाहता हूँ ॥ ५ ॥

भीष्म उवाच

शृणु राजन्नवहितः सर्वमेतद् यथातथम्।
यथामति यथा चैतच्छ्रुतपूर्वं मयानघ ॥ ६ ॥

भीष्मजीने कहा—निष्पाप नरेश! मैंने इन सब बातोंको पहले जिस तरह [illegible] [illegible] है, वह सारा वृत्तान्त अपनी बुद्धिके अनुसार यथार्थरूपसे बता रहा हूँ; तुम ध्यानपूर्वक सुनो ॥

[illegible] भार्गवदायादो मुनिर्मान्यो दृढव्रतः।
सुराणां विप्रियकरो निमित्ते कारणात्मके ॥ ७ ॥

ये भृगुपुत्र मुनिवर उशना सबके लिये माननीय तथा दृढ़तापूर्वक उत्तम व्रतका पालन करनेवाले हैं। एक विशेष कारण [illegible] जानेसे [illegible] होकर ये देवताओंके विरोधी हो गये* ॥

* कहते हैं, किसी स[illegible] असुरगण देवताओंको कष्ट [illegible]हुँचाकर भृगुपत्नीके आश्रममें [illegible] छिप जाते थे। असुरोंने 'माता' कहकर [illegible] [illegible] ली [illegible] और उन्होंने पुत्र मानकर उन सबको निर्भय

इन्द्रोऽथ धनदो राजा यक्षरक्षोऽधिपः सदा ।
प्रभविष्णुश्च कोशस्य जगतश्च [illegible] प्रभुः ॥ ८ ॥

उस समय इन्द्र तीनों लोकोंके अधीश्वर थे और सदा यक्षों तथा राक्षसोंके अधिपति प्रभावशाली जगत्पति राजा कुबेर उनके कोषाध्यक्ष बनाये गये थे ॥ ८ ॥

तस्यात्मानमथाविश्य योगसिद्धो महामुनिः ।
रुद्ध्वा धनपतिं देवं योगेन हृतवान् वसु ॥ ९ ॥

योगसिद्ध महामुनि उशनाने योगबलसे धनाध्यक्ष कुबेरके भीतर प्रवेश करके उन्हें अपने काबूमें कर लिया और उनके सारे धनका अपहरण कर लिया ॥ ९ ॥

हृते धने ततः शर्म न लेभे धनदस्तथा ।
आपन्नमन्युः संविग्नः सोऽभ्यगात् सुरसत्तमम् ॥ १० ॥

धनका अपहरण हो जानेपर कुबेरको चैन नहीं पड़ा । वे कुपित और उद्विग्न होकर देवेश्वर महादेवजीके पास गये ॥

निवेदयामास तदा शिवायामिततेजसे ।
देवश्रेष्ठाय रुद्राय सौम्याय बहुरूपिणे ॥ ११ ॥

[illegible] समय उन्होंने अमित तेजस्वी अनेक रूपधारी सौम्य एवं शिवस्वरूप देवेश्वर रुद्रसे इस प्रकार निवेदन किया—॥

योगात्मकेनोशनसा रुद्ध्वा मम हृतं [illegible] ।
योगेनात्मगतं कृत्वा निःसृतश्च महातपाः ॥ १२ ॥

'प्रभो ! महर्षि उशना योगबलसे सम्पन्न हैं । उन्होंने अपनी शक्तिसे मुझे बंदी बनाकर मेरा [illegible] धन हर लिया । वे महान् तपस्वी तो हैं ही, योगबलसे मुझे अपने अधीन करके अपना काम बनाकर निकल गये' ॥ १२ ॥

एतच्छ्रुत्वा ततः क्रुद्धो महायोगी महेश्वरः ।
संरक्तनयनो राजञ्शूलमादाय तस्थिवान् ॥ १३ ॥

राजन् ! यह सुनकर महायोगी महेश्वर कुपित हो गये और लाल आँखें किये हाथमें त्रिशूल लेकर खड़े हो गये ॥ १३ ॥

क्वासौ क्वासाविति प्राह गृहीत्वा परमायुधम् ।
उशना दूरतस्तस्य बभौ ज्ञात्वा चिकीर्षितम् ॥ १४ ॥

[illegible] उत्तम अस्त्रको लेकर वे सहसा बोल उठे—'कहाँ है, कहाँ है वह उशना ?' महादेवजी क्या करना चाहते हैं, यह जानकर [illegible] उनसे दूर हो गये ॥ १४ ॥

[illegible] महायोगिनो बुद्ध्वा तं रोषं वै महात्मनः ।
गतिमागमनं वेत्ति स्थानं चैव ततः प्रभुः ॥ १५ ॥

महायोगी महात्मा भगवान् शिवके उस रोषको समझकर वे उनसे दूर हट गये थे, योगसिद्ध उशना गमन, आगमन और स्थानको जानते थे अर्थात् कब हटना चाहिये, कब आना चाहिये तथा किस अवस्थामें कहीं अन्यत्र न जाकर अपने स्थानपर ही ठहरे रहना चाहिये, इन सब बातोंको वे अच्छी तरह समझते थे ॥ १५ ॥

संचिन्त्योग्रेण तपसा महात्मानं महेश्वरम् ।
उशना योगसिद्धात्मा शूलाग्रे प्रत्यदृश्यत ॥ १६ ॥

योगसिद्धात्मा उशना अपनी [illegible] तपस्याद्वारा महात्मा महेश्वरका चिन्तन करके उनके त्रिशूलके अग्रभागमें दिखायी दिये ॥ १६ ॥

विज्ञातरूपः स तदा तपःसिद्धोऽथ धन्विना ।
[illegible] शूलं च देवेशः पाणिना समनामयत् ॥ १७ ॥

तपःसिद्ध शुक्राचार्यको उस रूपमें पहचानकर देवेश्वर शिवने उन्हें शूलपर स्थित जानकर अपने धनुषयुक्त हाथसे [illegible] शूलको झुका दिया ॥ १७ ॥

आनतेनाथ शूलेन पाणिनामिततेजसा ।
पिनाकमिति चोवाच शूलमुग्रायुधः प्रभुः ॥ १८ ॥

[illegible] अमित तेजस्वी शूल उनके हाथसे मुड़कर धनुषके रूपमें परिणत हो गया, तब उग्र धनुर्धर भगवान् गिरने पाणिसे आनत होनेके कारण उस शूलको 'पिनाक' कहा ॥ १८ ॥

पाणिमध्यगतं दृष्ट्वा भार्गवं तमुमापतिः ।
आस्यं विवृत्य ककुदी पाणिना प्राक्षिपच्छनैः ॥ १९ ॥

उसके मुड़नेके साथ ही भृगुपुत्र उशना उनके हाथमें आ गये, उशनाको हाथमें आया देख देवेश्वर उमावल्लभ भगवान् शिवने मुँह फैला लिया और धीरेसे हाथसे धक्का देकर उशनाको मुखके भीतर डाल दिया ॥ १९ ॥

स तु प्रविष्ट उशना कोष्ठं माहेश्वरं प्रभुः ।
व्यचरच्चापि तत्रासौ महात्मा भृगुनन्दनः ॥ २० ॥

महादेवजीके पेटमें घुसकर प्रभावशाली महात्मा भृगुनन्दन उशना उसके भीतर सब ओर विचरने लगे ॥ २० ॥

युधिष्ठिर उवाच

किमर्थं व्यचरद् राजन्नुशना तस्य धीमतः ।
जठरे देवदेवस्य किं चाकार्षीन्महाद्युतिः ॥ २१ ॥

कर दिया था । देवता जब असुरोंको दण्ड देनेके लिये उनका पीछा करते हुए आते, तब भृगुपत्नीके प्रभावसे उनके आश्रममें प्रवेश नहीं [illegible] पाते थे । [illegible] देख समस्त देवताओंने भगवान् विष्णुकी शरण ली । भुवनपालक भगवान् विष्णुने देवताओं और दैवी-सम्पत्तिकी रक्षाके लिये [illegible] उठाया तथा असुरों एवं आसुर भावके उत्थानमें योग देनेवाली भृगुपत्नीका सिर काट लिया । उस समय मरनेसे बचे हुए असुर भृगुपुत्र उशनाकी शरणमें गये । उशना माताके वधसे [illegible] थे; इसलिये उन्होंने असुरोंको अभयदान दे दिया । तभीसे वे देवताओंकी उन्नतिके मार्गमें असुरोंद्वारा बाधाएँ खड़ी करते रहते हैं ।

युधिष्ठिरने पूछा—राजन् ! महातेजस्वी उशनाने बुद्धिमान् देवाधिदेव महादेवजीके उदरमें किसलिये विचरण किया और वहाँ [illegible] किया ? ॥ २१ ॥

भीष्म उवाच

पुरा सोऽन्तर्जलगतः स्थाणुभूतो महाव्रतः ।
वर्षाणामभवद् राजन् प्रयुतान्यर्बुदानि च ॥ २२ ॥

भीष्मजीने कहा—नरेश्वर ! प्राचीनकालमें महान् व्रतधारी महादेवजी जलके भीतर ठूँठे काठकी भाँति स्थिर भावसे खड़े हो लाखों-अरबों वर्षोंतक [illegible] करते रहे ॥ २२ ॥

उदतिष्ठत् [illegible] दुश्चरं च महाह्रदात् ।
ततो देवातिदेवस्तं [illegible] [illegible] समसर्पत ॥ २३ ॥

[illegible] दुष्कर [illegible] पूरी करके जब वे जलके उस महान् सरोवरसे बाहर निकले, तब देवदेव ब्रह्माजी उनके पास गये ॥ २३ ॥

तपोवृद्धिमपृच्छच्च कुशलं चैवमव्ययः ।
[illegible] सुचीर्णमिति च प्रोवाच वृषभध्वजः ॥ २४ ॥

अविनाशी ब्रह्माजीने उनकी तपोवृद्धिका कुशल-समाचार पूछा । तब भगवान् वृषभध्वजने यह [illegible] कि 'मेरी तपस्या भलीभाँति सम्पन्न हो गयी' ॥ २४ ॥

ततस्संयोगेन वृद्धिं चाप्यपश्यत् स तु शंकरः ।
महामतिरचिन्त्यात्मा सत्यधर्मरतः सदा ॥ २५ ॥

तत्पश्चात् परम बुद्धिमान्, अचिन्त्यस्वरूप और सदा सत्यधर्मपरायण महादेवजीने अपनी तपस्याके सम्पर्कसे उशनाकी तपस्यामें भी वृद्धि हुई देखी ॥ २५ ॥

[illegible] तेनाढ्यो महायोगी [illegible] च धनेन च ।
व्यराजत महाराज त्रिषु लोकेषु वीर्यवान् ॥ २६ ॥

महाराज ! महायोगी उशना [illegible] तपस्यारूप धनसे सम्पन्न एवं शक्तिशाली हो तीनों लोकोंमें प्रकाशित होने लगे ॥

ततः पिनाकी योगात्मा ध्यानयोगं समाविशत् ।
उशना तु समुद्विग्नो निलिल्ये जठरे ततः ॥ २७ ॥

तदनन्तर पिनाकधारी योगी महादेवने ध्यान लगाया । उस समय उशना अत्यन्त उद्विग्न हो उनके उदरमें ही विलीन होने लगे ॥ २७ ॥

तुष्टाव च महायोगी देवं तत्रस्थ एव च ।
निःसारं काङ्क्षमाणः [illegible] तेन [illegible] प्रतिहन्यते ॥ २८ ॥

महायोगी उशनाने वहीं रहकर महादेवजीकी स्तुति की । वे निकलनेका मार्ग चाहते थे; परंतु महादेवजी उनकी गतिको प्रतिहत कर देते थे ॥ २८ ॥

उशना [illegible] तथोवाच जठरस्थो महामुनिः ।
[illegible] मे कुरुष्वेति पुनः पुनररिंदम ॥ २९ ॥

शत्रुदमन नरेश ! [illegible] उदरमें ही रहकर महामुनि उशनाने महादेवजीसे बारंबार प्रार्थना की—'प्रभो ! मुझपर [illegible] कीजिये' ॥ २९ ॥

तमुवाच महादेवो गच्छ शिश्नेन मोक्षणम् ।
इति सर्वाणि स्रोतांसि रुद्ध्वा त्रिदशपुङ्गवः ॥ ३० ॥

तब महादेवजीने उनसे कहा—'शिश्नके मार्गसे [illegible] तुम्हारा उद्धार होगा, अतः उसीसे निकलो ।' ऐसा कहकर देवेश्वर शिवने अन्य सारे द्वार रोक दिये ॥ ३० ॥

अपश्यमानस्तद् द्वारं सर्वतः पिहितो मुनिः ।
पर्यक्रामद् दह्यमान इतश्चेतश्च तेजसा ॥ ३१ ॥

सब ओरसे घिरे हुए मुनिवर उशना [illegible] शिश्नद्वारको देख नहीं पाते थे । अतः भगवान् शङ्करके तेजसे दग्ध होते हुए वे उदरमें ही इधर-उधर चक्कर काटने लगे ॥ ३१ ॥

स वै निष्क्रम्य शिश्नेन शुक्रत्वमभिपेदिवान् ।
कार्येण तेन नभसो नाध्यगच्छत मध्यतः ॥ ३२ ॥

तत्पश्चात् वे शिश्नके द्वारसे निकलकर सहसा बाहर आ गये । [illegible] द्वारसे निकलनेके कारण ही उनका नाम [illegible] (वीर्य) हो गया । यही [illegible] है जिससे वे आकाशके बीचसे होकर नहीं निकलते ॥ ३२ ॥

विनिष्क्रान्तं [illegible] तं दृष्ट्वा ज्वलन्तमिव तेजसा ।
भवो रोषसमाविष्टः शूलोद्यतकरः स्थितः ॥ ३३ ॥

बाहर निकलनेपर शुक्र अपने तेजसे प्रज्वलित-से हो रहे थे । उन्हें [illegible] अवस्थामें देखकर हाथमें त्रिशूल लेकर खड़े हुए भगवान् शिव पुनः रोषसे भर गये ॥ ३३ ॥

[illegible] तं देवी क्रुद्धं पशुपतिं पतिम् ।
पुत्रत्वमगमद् देव्या वारिते शंकरे [illegible] सः ॥ ३४ ॥

उस समय देवी पार्वतीने कुपित हुए अपने पतिदेव भगवान् पशुपतिको रोका । देवीके [illegible] भगवान् शङ्करके रोक दिये जानेपर शुक्राचार्य उनके पुत्रभावको प्राप्त हुए ॥ ३४ ॥

देव्युवाच

हिंसनीयस्त्वया नैव मम पुत्रत्वमागतः ।
न हि देवोदरात् कश्चिन्निःसृतो नाशमृच्छति ॥ ३५ ॥

देवी पार्वतीने कहा—प्रभो ! अब यह शुक्र मेरा पुत्र हो गया; अतः आपको इसका विनाश नहीं [illegible] चाहिये । देव ! जो आपके उदरसे निकला हो, ऐसा कोई भी पुरुष विनाशको नहीं प्राप्त हो सकता ॥ ३५ ॥

[illegible] प्रीतो भवो देव्याः प्रहसंश्चेदमब्रवीत् ।

गच्छत्वेष यथाकाममिति राजन् पुनः पुनः ॥ ३६ ॥

राजन्! यह सुनकर महादेवजी पार्वतीजीपर बहुत प्रसन्न हुए और हँसते हुए बारंबार कहने लगे—'अब यह जहाँ चाहे जा सकता है' ॥ ३६ ॥

ततः प्रणम्य वरदं देवं देवीमुमां तथा।
उशना प्राप तद्धीमान् गतिमिष्टां महामुनिः ॥ ३७ ॥

तदनन्तर बुद्धिमान् महामुनि शुक्राचार्यने वरदायक देवता महादेवजी तथा उमादेवीको प्रणाम करके अभीष्ट गति प्राप्त कर ली ॥ ३७ ॥

एतत् ते कथितं तात भार्गवस्य महात्मनः।
चरितं भरतश्रेष्ठ यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥ ३८ ॥

भरतश्रेष्ठ! तात युधिष्ठिर! तुमने जैसा मुझसे पूछा था, उसके अनुसार मैंने यह महात्मा भृगुपुत्र शुक्राचार्यका चरित्र तुमसे कह सुनाया ॥ ३८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि भवभार्गवसमागमे एकोननवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥२८९॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें महादेवजी और शुक्राचार्यका समागमविषयक दो सौ नवासीवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २८९ ॥

नवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीताका आरम्भ—पराशर मुनिका राजा जनकको कल्याणकी प्राप्तिके साधनका उपदेश

युधिष्ठिर उवाच

ततः परं महाबाहो यच्छ्रेयस्तद् वदस्व मे।
न तृप्याम्यमृतस्येव वचसस्ते पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने कहा—महाबाहु पितामह! अब इसके बाद जो भी कल्याण-प्राप्तिका उपाय हो, वह मुझे बताइये। जैसे अमृत पीनेसे मन नहीं भरता, उसी तरह आपके वचन सुननेसे मुझे तृप्ति नहीं होती है ॥ १ ॥

किं कर्म पुरुषः कृत्वा शुभं पुरुषसत्तम।
श्रेयः परमवाप्नोति प्रेत्य चेह च तद् वद ॥ २ ॥

पुरुषप्रवर! इसीलिये मैं पूछता हूँ कि पुरुष कौन-सा शुभ कर्म करे तो उसे इस लोक और परलोकमें भी परम कल्याणकी प्राप्ति हो सकती है, यह मुझे बतानेकी कृपा करें ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

अत्र ते वर्तयिष्यामि यथापूर्वं महायशाः।
पराशरं महात्मानं पप्रच्छ जनको नृपः ॥ ३ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! इस विषयमें भी मैं तुम्हें पूर्ववत् एक प्राचीन प्रसङ्ग सुनाऊँगा। एक समय महायशस्वी राजा जनकने महात्मा पराशर मुनिसे पूछा—॥३॥

किं श्रेयः सर्वभूतानामस्मिँल्लोके परत्र च।
यद् भवेत् प्रतिपत्तव्यं तद् भवान् प्रब्रवीतु मे ॥ ४ ॥

'मुने! कौन-सी ऐसी वस्तु है, जो सभी प्राणियोंके लिये इहलोक और परलोकमें भी कल्याणकारी एवं जानने योग्य है? उसे आप मुझे बताइये' ॥ ४ ॥

ततः स तपसा युक्तः सर्वधर्मविधानवित्।
नृपायानुग्रहमना मुनिर्वाक्यमथाब्रवीत् ॥ ५ ॥

तब सम्पूर्ण धर्मोंके विधानको जाननेवाले वे तपस्वी मुनि राजा जनकपर अनुग्रह करनेकी इच्छासे इस प्रकार बोले ॥ ५ ॥

पराशर उवाच

धर्म एव कृतः श्रेयानिह लोके परत्र च।
तस्माद्धि परमं नास्ति यथा प्राहुर्मनीषिणः ॥ ६ ॥

पराशरजीने कहा—राजन्! जैसा कि मनीषी पुरुषोंका कथन है, धर्मका ही विधिपूर्वक अनुष्ठान किया जाय तो वह इहलोक और परलोकमें भी कल्याणकारी होता है। उससे बढ़कर दूसरा कोई श्रेयका उत्तम साधन नहीं है ॥ ६ ॥

प्रतिपद्य नरो धर्मं स्वर्गलोके महीयते।
धर्मात्मकः कर्मविधिर्देहिनां नृपसत्तम ॥ ७ ॥

नृपश्रेष्ठ! धर्मको जानकर उसका आश्रय लेनेवाला मनुष्य स्वर्गलोकमें सम्मानित होता है। वेदोंमें जो 'सत्यं वद, धर्मं चर, यजेत, जुहुयात्' इत्यादि वाक्योंद्वारा मनुष्योंका कर्तव्य-विधान किया गया है, वही धर्मका लक्षण है ॥ ७ ॥

तस्मिन्नाश्रमिणः सन्तः स्वकर्माणीह कुर्वते ॥ ८ ॥

सभी आश्रमोंके लोग उस धर्ममें ही स्थित रहकर इस जगत्में अपने-अपने कर्मोंका अनुष्ठान करते हैं ॥ ८ ॥

चतुर्विधा हि लोकेऽस्मिन् यात्रा तात विधीयते।
मर्त्या यत्रावतिष्ठन्ते सा च कामात् प्रवर्तते ॥ ९ ॥

तात! इस लोकमें चार प्रकारकी जीविकाका विधान है

(ब्राह्मणके लिये यज्ञादि कराकर दक्षिणा लेना, क्षत्रियके लिये [illegible] लेना, वैश्यके लिये खेती आदि करना और शूद्रके लिये तीनों वर्णोंकी सेवा [illegible])। मनुष्य इन्हीं चार प्रकारकी जीविकाओंका आश्रय लेकर रहते हैं। [illegible] जीविका दैवेच्छा-[illegible] चलती है ॥ ९ ॥

सुकृतासुकृतं कर्म निषेव्य विविधैः क्रमैः ।
दशार्धप्रविभक्तानां भूतानां बहुधा गतिः ॥ १० ॥

जो प्राणी नाना प्रकारके क्रमसे पुण्य और पापकर्मका सेवन करके पञ्चत्वको [illegible] हो गये हैं अर्थात् स्थूल शरीरका त्याग कर देते हैं उनको मिलनेवाली गति नाना प्रकारकी बतायी गयी है ॥ १० ॥

सौवर्णं राजतं चापि यथा भाण्डं निषिच्यते ।
तथा निषिच्यते जन्तुः पूर्वकर्मवशानुगः ॥ ११ ॥

जैसे ताँबे आदिके बर्तनोंपर जब सोने और चाँदीकी कलई चढ़ा दी जाती है, तब वे वैसे ही दिखायी देने लगते हैं, उसी प्रकार पूर्व कर्मोंके वशीभूत प्राणी पूर्वकृत कर्मसे लिप्त रहता है (पुण्यकर्मसे लिप्त होनेके कारण वह सुखी होता है और पापसे लिप्त होनेके कारण उसे दुःख उठाना पड़ता है) ॥ ११ ॥

नाबीजाज्जायते किंचिन्नाकृत्वा सुखमेधते ।
सुकृतैर्विन्दते सौख्यं प्राप्य देहक्षयं नरः ॥ १२ ॥

जैसे बिना बीजके कोई अङ्कुर पैदा नहीं होता, उसी प्रकार पुण्यकर्म किये बिना कोई सुखी [illegible] समृद्धिशाली नहीं हो सकता; अतः मनुष्य देहत्यागके पश्चात् पुण्यकर्मोंके फलसे [illegible] सुख पाता है ॥ १२ ॥

दैवं तात न पश्यामि नास्ति दैवस्य साधनम् ।
स्वभावतो [illegible] संसिद्धा देवगन्धर्वदानवाः ॥ १३ ॥

[illegible] । [illegible] विषयमें नास्तिक कहते हैं 'मैं प्रारब्धको [illegible] नहीं देख पाता [illegible] प्रारब्धके अस्तित्वका सूचक अनुमानप्रमाण भी नहीं है। किंतु देवता, गन्धर्व और दानव आदि योनियाँ तो स्वभावसे ही प्राप्त होती हैं' ॥ १३ ॥

प्रेत्य जातिकृतं कर्म न स्मरन्ति सदा जनाः ।
ते [illegible] तस्य फलप्राप्तौ कर्म चापि चतुर्विधम् ॥ १४ ॥

इसके उत्तरमें [illegible] कहा जा सकता है कि मरकर गये हुए प्राणी पूर्वजन्ममें किये हुए कर्मोंको सदैव याद नहीं रख सकते। किंतु [illegible] किसी पूर्वकृत कर्मका [illegible] प्राप्त होता है, [illegible] वे ही लोग सदा ([illegible] वाणी, नेत्र और क्रियाद्वारा किये हुए) चार प्रकारके कर्मोंका स्मरण करते हैं—अर्थात् [illegible] कहते हैं कि मैंने पूर्व जन्ममें कोई ऐसा कर्म किया होगा जिसका [illegible] इस रूपमें प्राप्त हुआ है ॥ १४ ॥

लोकयात्राश्रयश्चैव शब्दो वेदाश्रयः कृतः ।
शान्त्यर्थं मनसस्तात नैतद् वृद्धानुशासनम् ॥ १५ ॥

[illegible] । नास्तिक लोग जो यह कहते हैं कि लोकयात्राके निर्वाह और मनकी शान्तिके लिये वेदोक्त शब्दोंको प्रमाण माना गया है अर्थात् वेदोंमें जो कर्म करनेका विधान है, [illegible] तो असमर्थ पुरुषोंके जीविकानिर्वाहके लिये है और जो पूर्वजन्मके किये हुए कर्मकी चर्चा आयी है, [illegible] दुखी मनुष्योंके मनको धीरज बँधानेके लिये है, परंतु यह मत ठीक नहीं है; क्योंकि पतञ्जलि आदि ज्ञानवृद्ध पुरुषोंने ऐसा उपदेश नहीं किया है (पतञ्जलिने 'सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः' इस सूत्रके द्वारा जाति (जन्म), आयु और सुख-दुःखरूप भोगको पूर्वकृत कर्मका फल बताया है) ॥ १५ ॥

चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम् ।
कुरुते यादृशं कर्म तादृशं प्रतिपद्यते ॥ १६ ॥

मनुष्य नेत्र, मन, वाणी और क्रियाके द्वारा चार प्रकारके कर्म करता है और जैसा कर्म [illegible] है, वैसा ही [illegible] फल पाता है ॥ १६ ॥

निरन्तरं च मिश्रं च लभते कर्म पार्थिव ।
कल्याणं यदि वा पापं [illegible] नाशोऽस्य विद्यते ॥ १७ ॥

राजन्! मनुष्य कर्मके फलरूपसे कभी केवल सुख, कभी सुख-दुःख दोनोंको एक [illegible] प्राप्त [illegible] है। पुण्य [illegible] पाप कोई भी कर्म क्यों न हो, फल भोगे बिना उसका नाश नहीं होता ॥ १७ ॥

कदाचित् सुकृतं [illegible] कूटस्थमिव तिष्ठति ।
[illegible] संसारे यावद् दुःखाद्विमुच्यते ॥ १८ ॥
ततो दुःखक्षयं [illegible] सुकृतं कर्म सेवते ।
सुकृतक्षयाद् दुष्कृतं तद् [illegible] मनुजाधिप ॥ १९ ॥

[illegible] ! संसार-सागरमें डूबते हुए मनुष्यका पुण्यकर्म कभी-कभी [illegible] स्थिर-जैसा रहता है, [illegible] कि दुःखसे उसका छुटकारा नहीं हो जाता है। तदनन्तर दुःखका भोग [illegible] कर लेनेपर जीव अपने पुण्य कर्मके फलका उपभोग आरम्भ [illegible] है। [illegible] पुण्यका भी [illegible] हो जाता है, [illegible] फिर वह पापका [illegible] भोगता है। नरेश्वर! इस बातको तुम अच्छी तरह समझ लो ॥ १८-१९ ॥

दमः क्षमा धृतिस्तेजः संतोषः सत्यवादिता ।
ह्रीरहिंसाव्यसनिता दाक्ष्यं चेति सुखावहाः ॥ २० ॥

इन्द्रियसंयम, क्षमा, धैर्य, तेज, संतोष, सत्यभाषण, लज्जा, अहिंसा, दुर्व्यसनका अभाव [illegible] दक्षता—ये सब [illegible] देनेवाले हैं ॥ २० ॥

दुष्कृते सुकृते चापि न जन्तुर्नियतो भवेत् ।
नित्यं मनःसमाधाने प्रयतेत विचक्षणः ॥ २१ ॥

विद्वान् पुरुषको जीवनपर्यन्त पाप या पुण्यमें भी आसक्त न होकर अपने मनको परमात्माके ध्यानमें लगानेका [illegible] करना चाहिये ॥ २१ ॥

नायं परस्य सुकृतं दुष्कृतं चापि सेवते।
करोति यादृशं कर्म तादृशं प्रतिपद्यते ॥ २२ ॥

जीव दूसरेके किये हुए शुभ अथवा अशुभ कर्मको नहीं भोगता, वह स्वयं जैसा कर्म करता है, वैसा ही फल पाता है॥

सुखदुःखे समाधाय पुमानन्येन गच्छति।
अन्येनैव जनः सर्वः संगतो यश्च पार्थिवः ॥ २३ ॥

विवेकी पुरुष सुख और दुःखको अपने भीतर विलीन करके अन्य मार्गसे अर्थात् मोक्षप्राप्तिके मार्गद्वारा चलता है। जो स्त्री, पुत्र और धन आदिमें आसक्त हैं, वे सब संसारी जीव उससे भिन्न दूसरे ही मार्गपर चलते हैं; अतः जन्मते और मरते रहते हैं ॥ २३ ॥

परेषां यदसूयेत न तत् कुर्यात् स्वयं नरः।
यो ह्यसूयुस्तथायुक्तः सोऽवहासं नियच्छति ॥ २४ ॥

मनुष्य दूसरेके जिस कर्मकी निन्दा करे, उसको स्वयं भी न करे। जो दूसरेकी निन्दा तो करता है; किंतु स्वयं उसी निन्द्य कर्ममें लगा रहता है, वह उपहासका पात्र होता है ॥ २४ ॥

भीरू राजन्यो ब्राह्मणः सर्वभक्ष्यो
वैश्योऽनीहावान् हीनवर्णोऽलसश्च।
विद्वांश्चाशीलो वृत्तहीनः कुलीनः
सत्याद् विभ्रष्टो धार्मिकः स्त्री च दुष्टा २५
रागी युक्तः पचमानोऽऽत्महेतो-
र्मूर्खो वक्ता नृपहीनं च राष्ट्रम्।
एते सर्वे शोच्यतां यान्ति राजन्
यश्चायुक्तः स्नेहहीनः प्रजासु ॥ २६ ॥

राजन्! डरपोक क्षत्रिय, (भक्ष्याभक्ष्यका विचार न करके) सब कुछ खानेवाला ब्राह्मण, धनोपार्जनकी चेष्टासे रहित या अकर्मण्य वैश्य, आलसी शूद्र, उत्तम गुणोंसे रहित विद्वान्, सदाचारका पालन न करनेवाला कुलीन पुरुष, सत्यसे भ्रष्ट हुआ धार्मिक पुरुष, दुराचारिणी स्त्री, विषयासक्त योगी, केवल अपने लिये भोजन बनानेवाला मनुष्य, मूर्ख वक्ता, राजासे रहित राष्ट्र तथा अजितेन्द्रिय होकर प्रजाके प्रति स्नेह न रखनेवाला राजा—ये सब-के-सब शोकके योग्य हैं अर्थात् निन्दनीय हैं ॥ २५-२६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां नवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २९० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ नब्बेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २९० ॥

एकनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीता—कर्मफलकी अनिवार्यता तथा पुण्यकर्मसे लाभ

पराशर उवाच

मनोरथरथं प्राप्य इन्द्रियाश्वहयं नरः।
रश्मिभिर्ज्ञानसम्भूतैर्यो गच्छति स बुद्धिमान् ॥ १ ॥

पराशरजी कहते हैं—राजन्! इन्द्रियरूप घोड़ोंसे [illegible] मनोमय (सूक्ष्म शरीर) एक रथ है। ज्ञानाकार वृत्तियाँ ही इस रथके घोड़ोंकी बागडोर हैं। इन उपकरणोंसे युक्त रथपर आरूढ होकर जो पुरुष यात्रा करता है, वह बुद्धिमान् है ॥ १ ॥

सेवाऽऽश्रितेन मनसा वृत्तिहीनस्य शस्यते।
द्विजातिहस्तान्निर्वृत्ता न तु तुल्यात् परस्परात् ॥ २ ॥

जो मनुष्य इन्द्रियोंकी बाह्य वृत्तिसे रहित (अन्तर्मुख) होकर ईश्वरकी शरणमें गये हुए मनके द्वारा उनकी उपासना करता है, उसकी वह उपासना श्रेष्ठ समझी जाती है। ऐसी उपासना किसी विद्वान् एवं भक्त ब्राह्मणके वरद हस्तसे ही उपलब्ध होती है। समान योग्यतावाले आपसके लोगोंसे उसकी प्राप्ति नहीं होती ॥ २ ॥

आयुर्न सुलभं लब्ध्वा नावकर्षेद् विशाम्पते।
उत्कर्षार्थं प्रयतेत नरः पुण्येन कर्मणा ॥ ३ ॥

प्रजानाथ! मनुष्य-शरीरकी आयु सुलभ नहीं है—यह दुर्लभ वस्तु है, उसे पाकर आत्माको नीचे नहीं गिराना चाहिये। मनुष्यको चाहिये कि वह पुण्यकर्मके अनुष्ठानद्वारा आत्माके उत्थानके लिये सदा प्रयत्न करता रहे ॥ ३ ॥

वर्णेभ्यो हि परिभ्रष्टो न वै सम्मानमर्हति।
न तु यः सत्क्रियां [illegible] राजसं कर्म सेवते ॥ ४ ॥

जो मनुष्य दुष्कर्म करके वर्णसे भ्रष्ट हो जाता है, वह कदापि सम्मान पानेके योग्य नहीं है। इसके सिवा जो मनुष्य सत्त्वगुणके द्वारा सत्कार पाकर फिर राजस कर्मका सेवन करने लगता है, वह भी सम्मानके योग्य नहीं है ॥

वर्णोत्कर्षमवाप्नोति नरः पुण्येन कर्मणा ।
दुर्लभं तमलब्ध्वा हि हन्यात् पापेन कर्मणा ॥ ५ ॥

पुण्य कर्मसे ही मनुष्य उत्तम वर्णमें जन्म पाता है । पापीके लिये वह अत्यन्त दुर्लभ है । वह उसे न पाकर अपने पापकर्मके द्वारा अपना ही नाश करता है ॥ ५ ॥

अज्ञानाद्धि कृतं पापं तपसैवाभिनिर्णुदेत् ।
पापं हि कर्म फलति पापमेव स्वयं कृतम् ।
तस्मात् पापं न सेवेत कर्म दुःखफलोदयम् ॥ ६ ॥

अनजानमें जो पाप बन जाय, उसे तपस्याके द्वारा नष्ट कर दे; क्योंकि अपना किया हुआ पाप कर्म पापरूप दुःखके रूपमें ही फलता है । अतः दुःखमय फल देनेवाले पापकर्मका कदापि सेवन न करे ॥ ६ ॥

पापानुबन्धं यत् कर्म यद्यपि स्यान्महाफलम् ।
तन्न सेवेत मेधावी शुचिः कुशलिनं यथा ॥ ७ ॥

पापसे सम्बन्ध रखनेवाला जो कर्म है, उसका कितना ही बड़ा लौकिक सुखरूप फल क्यों न हो, बुद्धिमान् पुरुष उसका कदापि सेवन न करे । वह उससे उसी तरह दूर रहे, जैसे पवित्र मनुष्य चाण्डालसे ॥ ७ ॥

किं कष्टमनुपश्यामि फलं पापस्य कर्मणः ।
प्रत्यापन्नस्य हि ततो नात्मा तावद् विरोचते ॥ ८ ॥

क्या पापकर्मका कोई दुःखदायक फल मैं देखता हूँ ? अर्थात् नहीं देखता । ऐसा मानकर पापमें प्रवृत्त हुए मनुष्यको परमात्माका चिन्तन अच्छा नहीं लगता ॥ ८ ॥

प्रत्यापत्तिश्च यस्येह बालिशस्य न जायते ।
तस्यापि सुमहांस्तापः प्रस्थितस्योपजायते ॥ ९ ॥

इस संसारमें जिस मूर्खको तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति नहीं होती, उस मनुष्यको परलोकमें जानेपर महान् संताप भोगना पड़ता है ॥ ९ ॥

विरक्तं शोध्यते वस्त्रं न तु कृष्णोपसंहितम् ।
प्रयत्नेन मनुष्येन्द्र पापमेवं निबोध मे ॥ १० ॥

नरेन्द्र ! बिना रँगा हुआ वस्त्र धोनेसे साफ हो जाता है; किंतु जो काले रंगमें रँगा हो वह प्रयत्न करनेसे भी सफेद नहीं होता; पापको भी ऐसा ही समझो । उसका रंग भी जल्दी नहीं उतरता है ॥ १० ॥

स्वयं कृत्वा तु यः पापं शुभमेवानुतिष्ठति ।
प्रायश्चित्तं नरः कर्तुमुभयं सोऽश्नुते पृथक् ॥ ११ ॥

जो स्वयं जान-बूझकर पाप करनेके पश्चात् उसके प्रायश्चित्तके उद्देश्यसे शुभ कर्मका अनुष्ठान करता है, वह शुभ और अशुभ दोनोंका पृथक्-पृथक् फल भोगता है ॥

अज्ञानात् तु कृतां हिंसामहिंसा व्यपकर्षति ।
ब्राह्मणाः शास्त्रनिर्देशादित्याहुर्ब्रह्मवादिनः ॥ १२ ॥
तथा कामकृतं नास्य विहिंसैवानुकर्षति ।
इत्याहुर्ब्रह्मशास्त्रज्ञा ब्राह्मणा ब्रह्मवादिनः ॥ १३ ॥

अनजानमें जो हिंसा हो जाती है, उसे अहिंसा-व्रतका पालन दूर कर देता है । ब्रह्मवादी ब्राह्मण शास्त्रकी आज्ञाके अनुसार ऐसा ही कहते हैं; किंतु स्वेच्छासे किये हुए हिंसामय पापकर्मको अहिंसाका व्रत भी दूर नहीं कर सकता । ऐसा वेद-शास्त्रोंके ज्ञाता, वेदका उपदेश देनेवाले ब्राह्मणोंका कथन है ॥

अहं तु तावत् पश्यामि कर्म यद् वर्तते कृतम् ।
गुणयुक्तं प्रकाशं वा पापेनानुपसंहितम् ॥ १४ ॥

परंतु मैं तो ऐसा देखता हूँ कि जो कर्म किया गया है, वह पुण्य हो या पापयुक्त, प्रकटरूपमें किया गया हो या छिपाकर (तथा जान-बूझकर किया गया हो या अनजानमें), वह अपना फल अवश्य देता ही है ॥ १४ ॥

यथा सूक्ष्माणि कर्माणि फलन्तीह यथातथम् ।
बुद्धियुक्तानि तानीह कृतानि मनसा सह ॥ १५ ॥
भवत्यल्पफलं कर्म सेवितं नित्यमुल्बणम् ।
अबुद्धिपूर्वं धर्मज्ञ कृतमुग्रेण कर्मणा ॥ १६ ॥

धर्मज्ञ राजा जनक ! जैसे मनसे सोच-विचारकर बुद्धिद्वारा निश्चय करके जो स्थूल या सूक्ष्म कर्म यहाँ किये जाते हैं, वे यथायोग्य फल अवश्य देते हैं, उसी प्रकार हिंसा आदि उग्र कर्मके द्वारा अनजानमें किया हुआ भयंकर पाप यदि सदा बनता रहे तो उसका फल भी मिलता ही है; अन्तर इतना ही है कि जान-बूझकर किये हुए कर्मकी अपेक्षा उसका फल बहुत कम हो जाता है ॥ १५-१६ ॥

कृतानि यानि कर्माणि दैवतैर्मुनिभिस्तथा ।
न चरेत् तानि धर्मात्मा श्रुत्वा चापि न कुत्सयेत् ॥ १७ ॥

देवताओं और मुनियोंद्वारा जो अनुचित कर्म किये गये हों, धर्मात्मा पुरुष उनका अनुकरण न करे और उन कर्मोंको सुनकर भी उन देवता आदिकी निन्दा भी न करे ॥ १७ ॥

संचिन्त्य मनसा राजन् विदित्वा शक्यमात्मनः ।
करोति यः शुभं कर्म स वै भद्राणि पश्यति ॥ १८ ॥

राजन् ! जो मनुष्य मनसे खूब सोच-विचारकर, 'अमुक काम मुझसे हो सकेगा या नहीं' इसका निश्चय करके शुभकर्मका अनुष्ठान करता है, वह अवश्य ही अपनी भलाई देखता है ॥

नवे कपाले सलिलं संन्यस्तं हीयते यथा ।
नवेतरे तथाभावं प्राप्नोति सुखभावितम् ॥ १९ ॥

जैसे नये बने हुए कच्चे घड़ेमें रक्खा हुआ जल नष्ट

हो जाता है, परंतु पके-पकाये घड़ेमें रखा हुआ ज्यों-का-त्यों बना रहता है, उसी प्रकार परिपक्व विशुद्ध अन्तःकरणमें सम्पादित सुखदायक शुभकर्म निश्चल रहते हैं ॥ १९ ॥

सतोयेऽन्यत् तु यत् तोयं तस्मिन्नेव प्रसिच्यते।
वृद्धे वृद्धिमवाप्नोति सलिले सलिलं यथा ॥ २० ॥
एवं कर्माणि यानीह बुद्धियुक्तानि पार्थिव।
समानि चैव यानीह तानि पुण्यतमान्यपि ॥ २१ ॥

राजन्! उसी जलयुक्त पक्के घड़ेमें यदि दूसरा जल डाला जाय तो पात्रमें रखा हुआ पहलेका जल और नया डाला हुआ जल—दोनों मिलकर बढ़ जाते हैं और इस प्रकार वह घड़ा अधिक जलसे सम्पन्न हो जाता है, उसी तरह यहाँ विवेकपूर्वक किये हुए जो पुण्य कर्म संचित हैं, उन्हींके समान जो नये पुण्यकर्म किये जाते हैं, वे दोनों मिलकर अधिक पुण्यतम कर्म हो जाते हैं (और उनके द्वारा वह पुरुष महान् पुण्यात्मा हो जाता है) ॥ २०-२१ ॥

[illegible] जेतव्याः शत्रवश्चोन्नताश्च
सम्यक् कर्तव्यं पालनं [illegible] प्रजानाम्।
अग्निश्चेयो बहुभिश्चापि यज्ञै-
रन्त्ये मध्ये वा वनमाश्रित्य स्थेयम् ॥ २२ ॥

नरेश्वर! राजाको चाहिये कि वह बढ़े हुए शत्रुओंको जीते। प्रजाका न्यायपूर्वक पालन करे। नाना प्रकारके यज्ञोंद्वारा अग्निदेवको तृप्त करे तथा वैराग्य होनेपर मध्यम अवस्थामें अथवा अन्तिम अवस्थामें वनमें जाकर रहे ॥ २२ ॥

दमान्वितः पुरुषो धर्मशीलो
भूतानि चात्मानमिवानुपश्येत्।
गरीयसः पूजयेदात्मशक्त्या
सत्येन शीलेन सुखं नरेन्द्र ॥ २३ ॥

राजन्! प्रत्येक पुरुषको इन्द्रियसंयमी और धर्मात्मा होकर समस्त प्राणियोंको अपने ही समान समझना चाहिये। जो विद्या, तप और अवस्थामें अपनेसे बड़े हों अथवा गुरु कोटिके लोग हों, उन सबकी यथाशक्ति पूजा करनी चाहिये। सत्यभाषण और अच्छे आचार विचारसे ही सुख मिलता है ॥ २३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां एकनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २९१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ इक्यानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २९१ ॥

द्विनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीता—धर्मोपार्जित धनकी श्रेष्ठता, अतिथि-सत्कारका महत्त्व, पाँच प्रकारके ऋणोंसे छूटनेकी विधि, भगवत्स्तवनकी महिमा एवं सदाचार तथा गुरुजनोंकी सेवासे महान् लाभ

पराशर उवाच

[illegible] चोपकुरुते [illegible] कस्मै प्रयच्छति।
प्राणी करोत्ययं कर्म सर्वमात्मार्थमात्मना ॥ १ ॥

पराशरजी कहते हैं—राजन्! कौन किसका उपकार करता है और कौन किसको देता है? यह प्राणी सारा कार्य स्वयं अपने ही लिये करता है ॥ १ ॥

गौरवेण परित्यक्तं निःस्नेहं परिवर्जयेत्।
सोदर्यं भ्रातरमपि किमुतान्यं पृथग्जनम् ॥ २ ॥

अपना सगा भाई भी यदि अपने श्रेष्ठ स्वभावका और स्नेहका त्याग कर दे तो लोग उसको त्याग देते हैं; फिर दूसरे किसी साधारण मनुष्यकी तो बात ही क्या है ॥ २ ॥

विशिष्टस्य विशिष्टाच्च तुल्यौ दानप्रतिग्रहौ।
तयोः पुण्यतरं दानं तद् द्विजस्य प्रयच्छतः ॥ ३ ॥

श्रेष्ठ पुरुषको दिया हुआ दान और श्रेष्ठ पुरुषसे [illegible] हुआ प्रतिग्रह—इन दोनोंका महत्त्व बराबर है तो भी इन दोनोंमेंसे ब्राह्मणके लिये प्रतिग्रह स्वीकार करनेकी अपेक्षा दान देना अधिक पुण्यमय माना गया है ॥ ३ ॥

न्यायागतं धनं चैव न्यायेनैव विवर्धितम्।
संरक्ष्यं [illegible] धर्मार्थमिति निश्चयः ॥ ४ ॥

जो धन न्यायसे प्राप्त किया गया हो और न्यायसे ही बढ़ाया गया हो, उसको यत्नपूर्वक धर्मके उद्देश्यसे बचाये रखना चाहिये। यही धर्मशास्त्रका निश्चय है ॥ ४ ॥

न धर्मार्थी नृशंसेन कर्मणा धनमर्जयेत्।
शक्तितः सर्वकार्याणि कुर्यान्नर्द्धिमनुस्मरेत् ॥ ५ ॥

धर्म चाहनेवाले पुरुषको क्रूरकर्मके द्वारा धनका उपार्जन नहीं करना चाहिये। अपनी शक्तिके अनुसार समस्त शुभ कर्म करे। धन बढ़ानेकी चिन्तामें न पड़े ॥ ५ ॥

अपो हि प्रयतः शीतास्तापिता ज्वलनेन वा।
शक्तितोऽतिथये दत्त्वा क्षुधार्तायाश्नुते फलम् ॥ ६ ॥

जो मौसमका विचार करके अपनी शक्तिके अनुसार प्यासे और भूखे अतिथिको ठंडा या गरम किया हुआ जल [illegible] पवित्रभावसे अर्पण करता है, वह उत्तम फल पाता है।

रन्तिदेवेन लोकेष्टा सिद्धिः प्राप्ता महात्मना।
फलपत्रैरथो मूलैर्मुनीनर्चितवांश्च सः ॥ ७ ॥

महात्मा राजा रन्तिदेवने फल-मूल और पत्तोंसे ऋषि-मुनियोंका पूजन किया था। इसीसे उन्हें वह सिद्धि प्राप्त हुई, जिसकी [illegible] लोग अभिलाषा रखते हैं ॥ ७ ॥

तैरेव फलपत्रैश्च [illegible] माठरमतोषयत्।
तस्माल्लेभे परं स्थानं शैब्योऽपि पृथिवीपतिः ॥ ८ ॥

पृथ्वीपालक महाराज शैब्यने भी उन फल और पत्तोंसे ही माठर मुनिको संतुष्ट किया था, जिससे उन्हें उत्तम लोककी प्राप्ति हुई ॥ ८ ॥

देवतातिथिभृत्येभ्यः पितृभ्यश्चात्मनस्तथा।
ऋणवान् जायते मर्त्यस्तस्मादनृणतां व्रजेत् ॥ ९ ॥

प्रत्येक मनुष्य देवता, अतिथि, भरण-पोषणके योग्य कुटुम्बीजन, पितर तथा अपने-आपका भी ऋणी होकर जन्म लेता है; [illegible] उसे [illegible] ऋणसे मुक्त होनेका यत्न करना चाहिये ॥ ९ ॥

स्वाध्यायेन महर्षिभ्यो देवेभ्यो यज्ञकर्मणा।
पितृभ्यः श्राद्धदानेन नृणामभ्यर्चनेन च ॥ १० ॥

वेद-शास्त्रोंका स्वाध्याय करके ऋषियोंके, यज्ञ-कर्मद्वारा देवताओंके, श्राद्ध और दानसे पितरोंके तथा स्वागत-सत्कार, सेवा आदिसे अतिथियोंके ऋणसे छुटकारा होता है ॥ १० ॥

वाचा शेषावहार्येण पालनेनात्मनोऽपि च।
यथावद् भृत्यवर्गस्य चिकीर्षेत् कर्म आदितः ॥ ११ ॥

इसी प्रकार वेद-वाणीके पठन, श्रवण एवं मननसे, यज्ञ-शेष अन्नके भोजनसे तथा जीवोंकी रक्षा करनेसे मनुष्य अपने ऋणसे मुक्त होता है। भरणीय कुटुम्बीजनके पालन-पोषणका आरम्भसे ही प्रबन्ध करना चाहिये। इससे उनके ऋणसे भी मुक्ति हो जाती है ॥ ११ ॥

प्रयत्नेन [illegible] संसिद्धा धनैरपि विवर्जिताः।
सम्यग्घुत्वा हुतवहं मुनयः सिद्धिमागताः ॥ १२ ॥

ऋषि-मुनियोंके पास धन नहीं था तो भी वे अपने प्रयत्नसे ही सिद्ध हो गये। उन्होंने विधिपूर्वक अग्निहोत्र करके सिद्धि प्राप्त की थी ॥ १२ ॥

विश्वामित्रस्य पुत्रत्वमृचीकतनयोऽगमत्।
ऋग्भिः स्तुत्वा महाबाहो देवान् वै यज्ञभागिनः ॥ १३ ॥

महाबाहो! ऋचीकके पुत्र यज्ञमें भाग लेनेवाले देवताओंकी वेद-मन्त्रोंद्वारा स्तुति करके विश्वामित्रके पुत्र हो गये ॥ १३ ॥

गतः शुक्रत्वमुशना देवदेवप्रसादनात्।
देवीं स्तुत्वा तु गगने मोदते यशसा वृतः ॥ १४ ॥

महर्षि उशना देवाधिदेव महादेवजीको प्रसन्न करके उनके शुक्रत्वको [illegible] हो उसी नामसे प्रसिद्ध हुए। साथ ही पार्वतीदेवीकी स्तुति करके वे यशस्वी मुनि आकाशमें ग्रहरूपसे स्थित हो आनन्द भोग रहे हैं ॥ १४ ॥

असितो देवलश्चैव [illegible] नारदपर्वतौ।
कक्षीवान् जामदग्न्यश्च रामस्ताण्ड्यस्तथाऽऽत्मवान् ॥
वसिष्ठो जमदग्निश्च विश्वामित्रोऽत्रिरेव च।
भरद्वाजो हरिश्मश्रुः कुण्डधारः श्रुतश्रवाः ॥ १६ ॥
एते महर्षयः स्तुत्वा विष्णुमृग्भिः समाहिताः।
लेभिरे तपसा सिद्धिं प्रसादात् तस्य धीमतः ॥ १७ ॥

असित, देवल, नारद, पर्वत, कक्षीवान्, जमदग्निनन्दन परशुराम, मनको वशमें रखनेवाले ताण्ड्य, वसिष्ठ, जमदग्नि, विश्वामित्र, अत्रि, भरद्वाज, हरिश्मश्रु, कुण्डधार तथा श्रुतश्रवा—इन महर्षियोंने एकाग्रचित्त हो वेदकी ऋचाओंद्वारा भगवान् विष्णुकी स्तुति करके उन्हीं बुद्धिमान् श्रीहरिकी कृपा[illegible] तपस्या करके सिद्धि प्राप्त कर ली ॥ १५—१७ ॥

अनर्हाश्चार्हतां [illegible] सन्तः स्तुत्वा तमेव ह।
न तु वृद्धिमिहान्विच्छेत् कर्म कृत्वा जुगुप्सितम् ॥ १८ ॥

जो पूजाके योग्य नहीं थे, वे भी भगवान् विष्णुकी स्तुति करके पूजनीय [illegible] होकर उन्हींको प्राप्त हो गये। इस लोकमें निन्दनीय आचरण करके किसीको भी अपने अभ्युदयकी [illegible] नहीं रखनी चाहिये ॥ १८ ॥

येऽर्था धर्मेण ते सत्या येऽधर्मेण धिगस्तु तान्।
धर्मं वै शाश्वतं लोके न जह्याद् धनकाङ्क्षया ॥ १९ ॥

धर्मका पालन करते हुए ही जो धन [illegible] होता है, वही सच्चा धन है। जो अधर्मसे [illegible] होता है, वह धन तो धिक्कार देने योग्य है। संसारमें धनकी इच्छासे शाश्वत धर्मका त्याग कभी नहीं करना चाहिये ॥ १९ ॥

आहिताग्निर्हि धर्मात्मा यः [illegible] पुण्यकृदुत्तमः।
वेदा हि सर्वे राजेन्द्र स्थितास्त्रिष्वग्निषु प्रभो ॥ २० ॥

राजेन्द्र! जो प्रतिदिन अग्निहोत्र करता है, वही धर्मात्मा है और वही पुण्यकर्म करनेवालोंमें श्रेष्ठ है। प्रभो! सम्पूर्ण वेद दक्षिण, आहवनीय तथा गार्हपत्य—इन तीन अग्नियोंमें ही स्थित हैं ॥ २० ॥

स चाप्यग्न्याहितो विप्रः क्रिया यस्य न हीयते।
श्रेयो ह्यनाहिताग्नित्वमग्निहोत्रं न निष्क्रियम् ॥ २१ ॥

जिसका सदाचार एवं सत्कर्म कभी [illegible] नहीं होता, वह ब्राह्मण (अग्निहोत्र न करनेपर भी) अग्निहोत्री ही है। सदाचारका ठीक-ठीक पालन होनेपर अग्निहोत्र न हो सके तो भी अच्छा है; किंतु सदाचारका त्याग करके केवल अग्नि-

होत्र करना कदापि कल्याणकारी नहीं है ॥ २१ ॥

अग्निरात्मा च माता च पिता जनयिता तथा।
गुरुश्च नरशार्दूल परिचर्या यथातथम् ॥ २२ ॥

पुरुषसिंह ! अग्नि, आत्मा, माता, जन्म देनेवाले पिता तथा गुरु—इन सबकी यथायोग्य सेवा करनी चाहिये ॥ २२ ॥

मानं त्यक्त्वा यो नरो वृद्धसेवी
विद्वान् क्लीबः पश्यति प्रीतियोगात्।
दाक्ष्येण हीनो धर्मयुक्तो नदान्तो
लोकेऽस्मिन् वै पूज्यते सद्भिरार्यः॥२३॥

जो अभिमानका त्याग करके वृद्ध पुरुषोंकी सेवा करता, विद्वान् एवं काम-भोगमें अनासक्त होकर सबको प्रेमभावसे देखता, मनमें चतुराई न रखकर धर्ममें संलग्न रहता और दूसरोंका दमन या हिंसा नहीं करता है, वह मनुष्य इस लोकमें श्रेष्ठ है तथा सत्पुरुष भी उसका आदर करते हैं ॥ २३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां द्विनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥२९२॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ बानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २९२ ॥

त्रिनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीता—शूद्रके लिये सेवावृत्तिकी प्रधानता, सत्सङ्गकी महिमा और चारों वर्णोंके धर्मपालनका महत्त्व

पराशर उवाच

वृत्तिः सकाशाद् वर्णेभ्यस्त्रिभ्यो हीनस्य शोभना।
प्रीत्योपनीता निर्दिष्टा धर्मिष्ठान् कुरुते सदा ॥ १ ॥

पराशरजी कहते हैं—राजन् ! शूद्रके लिये तीनों वर्णोंकी सेवासे जीवन-निर्वाह करना ही सबसे उत्तम है। शूद्रके लिये निर्दिष्ट सेवावृत्तिका यदि वे प्रेमपूर्वक पालन करें तो वह सदा उन्हें धर्मिष्ठ बनाती है ॥ १ ॥

वृत्तिश्चेन्नास्ति शूद्रस्य पितृपैतामही ध्रुवा।
न वृत्तिं परतो मार्गेच्छुश्रूषां तु प्रयोजयेत् ॥ २ ॥

यदि शूद्रके पास बाप-दादोंका दिया हुआ जीविकाका कोई निश्चित साधन नहीं है तो वह दूसरी किसी वृत्तिका अनुसंधान न करे। तीनों वर्णोंकी सेवाको ही जीविकाके उपयोगमें लाये ॥ २ ॥

सद्भिस्तु सह संसर्गः शोभते धर्मदर्शिभिः।
नित्यं सर्वास्ववस्थासु नासद्भिरिति मे मतिः ॥ ३ ॥

धर्मपर दृष्टि रखनेवाले सत्पुरुषोंके संसर्गमें रहना सदा ही श्रेष्ठ है; परंतु किसी भी दशामें कभी दुष्ट पुरुषोंका संग अच्छा नहीं है, यह मेरा दृढ़ निश्चय है ॥ ३ ॥

यथोदयगिरौ द्रव्यं संनिकर्षेण दीप्यते।
तथा सत्संनिकर्षेण हीनवर्णोऽपि दीप्यते ॥ ४ ॥

जैसे सूर्यका सामीप्य प्राप्त होनेसे उदयाचल पर्वतकी प्रत्येक वस्तु चमक उठती है, उसी प्रकार साधु पुरुषोंके निकट रहनेसे नीच वर्णका मनुष्य भी सद्गुणोंसे सुशोभित होने लगता है ॥ ४ ॥

यादृशेन हि वर्णेन भाव्यते शुक्लमम्बरम्।
तादृशं कुरुते रूपमेतदेवमवेहि मे ॥ ५ ॥

श्वेत वस्त्रको जैसे रंगमें रँगा जाता है, वह वैसा ही रूप धारण कर लेता है। इसी प्रकार जैसा सङ्ग किया जाता है, वैसा ही रंग अपने ऊपर चढ़ता है। यह बात मुझसे अच्छी तरह समझ लो ॥ ५ ॥

तस्माद् गुणेषु रज्येथा मा दोषेषु कदाचन।
अनित्यमिह मर्त्यानां जीवितं हि चलाचलम् ॥ ६ ॥

इसलिये तुम गुणोंमें ही अनुराग रक्खो, दोषोंमें कभी नहीं; क्योंकि यहाँ मनुष्योंका जीवन अनित्य और चञ्चल है॥

सुखे वा यदि वा दुःखे वर्तमानो विचक्षणः।
यश्चिनोति शुभान्येव स तन्त्राणीह पश्यति ॥ ७ ॥

जो विद्वान् सुख अथवा दुःखमें रहकर भी सदा शुभ कर्मका ही अनुष्ठान करता है, वही यहाँ शास्त्रोंको देखता और समझता है ॥ ७ ॥

धर्मादपेतं यत् कर्म यद्यपि स्यान्महाफलम्।
न तत् सेवेत मेधावी न तद्धितमिहोच्यते ॥ ८ ॥

धर्मके विपरीत कर्म यदि लौकिक दृष्टिसे बहुत लाभदायक हो तो भी बुद्धिमान् पुरुषको उसका सेवन नहीं करना चाहिये, क्योंकि उसे इस जगत्में हितकर नहीं बताया जाता है ॥ ८ ॥

(धर्मेण सहितं यत् तु भवेदल्पफलोदयम्।
तत् कार्यमविशङ्केन कर्मात्यन्तं सुखावहम् ॥)
यो हृत्वा गोसहस्राणि नृपो दद्यादरक्षिता।
स शब्दमात्रफलभाग् राजा भवति तस्करः ॥ ९ ॥

जो कार्य धर्मके अनुकूल हो, वह अल्प लाभदायक होनेपर भी निःशङ्क होकर [illegible] लेने योग्य है, क्योंकि वह अन्तमें अत्यन्त सुख देनेवाला होता है। जो राजा दूसरोंकी हजारों गौएँ छीनकर दान करता है और प्रजाकी रक्षा नहीं करता, [illegible] नाममात्रका ही दानी और राजा है। वास्तवमें तो वह चोर और डाकू है ॥ ९ ॥

स्वयम्भूरसृजच्चाग्रे धातारं लोकसत्कृतम्।
धातासृजत् पुत्रमेकं लोकानां धारणे रतम्॥ १० ॥

ईश्वरने सबसे पहले लोकपूजित ब्रह्माको उत्पन्न किया। ब्रह्माने एक पुत्र (पर्जन्य) को जन्म दिया, जो सम्पूर्ण लोकोंको धारण करनेमें तत्पर है ॥ १० ॥

तमर्चयित्वा वैश्यस्तु कुर्यादत्यर्थमृद्धिमत्।
रक्षितव्यं तु राजन्यैरुपयोज्यं द्विजातिभिः ॥ ११ ॥
अजिह्मैरशठक्रोधैर्हव्यकव्यप्रयोक्तृभिः ।
शूद्रैर्निर्मार्जनं कार्यमेवं धर्मो न नश्यति ॥ १२ ॥

उसीकी पूजा करके वैश्यको चाहिये कि खेती और पशु-पालन आदिके द्वारा उसे अत्यन्त समृद्धिशाली बनाये। राजाको उसकी [illegible] करनी चाहिये और ब्राह्मणोंको चाहिये [illegible] कुटिलता, शठता एवं क्रोधको त्यागकर हव्य-कव्यका प्रयोग करते [illegible] उस अन्न-धनका यज्ञ (लोकहितके कार्य) [illegible] सदुपयोग करें। शूद्रोंको यज्ञभूमि तथा त्रैवर्णिकोंके घरोंको झाड़-बुहारकर साफ रखना चाहिये। ऐसा करनेसे धर्मका नाश नहीं होता ॥ ११-१२ ॥

अप्रणष्टे ततो धर्मे भवन्ति सुखिताः प्रजाः ।
सुखेन तासां राजेन्द्र मोदन्ते दिवि देवताः ॥ १३ ॥

धर्मका नाश न होकर [illegible] पालन होता रहे तो सारी [illegible] सुखी होती है। राजेन्द्र ! प्रजाओंके सुखी होनेपर स्वर्गमें देवता भी प्रसन्न रहते हैं ॥ १३ ॥

तस्माद् यो रक्षति [illegible] धर्मेणेति पूज्यते ।
अधीते चापि यो विप्रो वैश्यो यश्चार्जने [illegible] ॥ १४ ॥
यश्च शुश्रूषते शूद्रः [illegible] नियतेन्द्रियः ।
अतोऽन्यथा मनुष्येन्द्र स्वधर्मात् परिहीयते ॥ १५ ॥

जो [illegible] धर्मपूर्वक प्रजाकी रक्षा करता है, वह [illegible] धर्माचरणके कारण ही लोकमें पूजित होता है। इसी प्रकार जो ब्राह्मण धर्मपूर्वक स्वाध्याय करता है, जो वैश्य धर्मके अनुसार धनोपार्जनमें तत्पर रहता है तथा जो शूद्र जितेन्द्रिय भावसे रहकर सर्वदा द्विजातियोंकी सेवा करता है, वे सभी अपने-अपने धर्माचरणके कारण लोकमें सम्मानित होते हैं। नरेन्द्र ! इसके विपरीत आचरण करनेसे सब लोग अपने धर्मसे गिर जाते हैं ॥ १४-१५ ॥

प्राणसंतापनिर्दिष्टाः काकिण्योऽपि महाफलाः ।
न्यायेनोपार्जिता दत्ताः किमुतान्याः सहस्रशः ॥ १६ ॥

प्राणोंको [illegible] देकर भी यदि न्यायसे कमायी हुई थोड़ी-सी कौड़ियोंका भी दान किया जाय तो वे महान् [illegible] देनेवाली होती हैं; फिर जो दूसरी वस्तुएँ हजारोंकी संख्यामें दी जाती हैं, उनकी तो बात ही क्या है ॥ १६ ॥

सत्कृत्य हि द्विजातिभ्यो यो ददाति नराधिपः ।
यादृशं तादृशं नित्यमश्नाति फलमूर्जितम् ॥ १७ ॥

जो राजा ब्राह्मणोंका [illegible] करके उन्हें जैसा दान देता है, वैसे ही उत्तम [illegible] वह सदा ही उपभोग [illegible] है ॥ १७ ॥

अभिगम्य च तत् तुष्ट्या दत्तमाहुरभिष्टुतम् ।
याचितेन [illegible] यद् दत्तं तदाहुर्मध्यमं बुधाः ॥ १८ ॥

[illegible] ही ब्राह्मणके पास जाकर उसे संतुष्ट करते हुए जो दान दिया जाता है, उसे प्रशंसनीय—उत्तम बताया [illegible] है और [illegible] करनेपर जो कुछ दिया जाता है, उसे विद्वान् पुरुष मध्यम श्रेणीका दान कहते हैं ॥ १८ ॥

[illegible] दीयते यत् तथैवाश्रद्धयापि वा ।
तमाहुरधमं दानं मुनयः सत्यवादिनः ॥ १९ ॥
अतिक्रामेन्मज्जमानो विविधेन नरः सदा ।
[illegible] प्रयत्नं कुर्वीत यथा मुच्येत संशयात् ॥ २० ॥

अवहेलना अथवा अश्रद्धासे जो कुछ दिया जाता है, उसे सत्यवादी मुनियोंने अधम श्रेणीका दान कहा है। डूबता हुआ मनुष्य जिस तरह नाना प्रकारके उपायद्वारा समुद्रसे पार हो जाता है, वैसे ही तुमको भी सदा ऐसा प्रयत्न करना चाहिये, जिस प्रकार संसारसमुद्रसे छुटकारा मिले ॥ १९-२० ॥

दमेन शोभते विप्रः क्षत्रियो विजयेन तु ।
[illegible] वैश्यः शूद्रस्तु नित्यं दाक्ष्येण शोभते ॥ २१ ॥

ब्राह्मण इन्द्रियसंयमसे, क्षत्रिय युद्धमें विजय पानेसे, [illegible] न्यायपूर्वक उपार्जित धनसे और शूद्र सदा सेवाकार्यमें कुशलताका परिचय देनेसे शोभा पाता है ॥ २१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां त्रिनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ [illegible]९३ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ तिरानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २९३ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका [illegible] श्लोक मिलाकर [illegible] २२ श्लोक हैं)

चतुर्नवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीता—ब्राह्मण और शूद्रकी जीविका, निन्दनीय कर्मोंके त्यागकी आज्ञा, मनुष्योंमें आसुरभावकी उत्पत्ति और भगवान् शिवके द्वारा उसका निवारण तथा स्वधर्मके अनुसार कर्तव्यपालनका आदेश

पराशर उवाच

प्रतिग्रहागता विप्रे क्षत्रिये युधि निर्जिताः।
वैश्ये न्यायार्जिताश्चैव शूद्रे शुश्रूषयार्जिताः॥ १ ॥
स्वल्पाप्यर्थाः प्रशस्यन्ते धर्मस्यार्थे महाफलाः।

पराशरजी कहते हैं—राजन्! ब्राह्मणके यहाँ प्रतिग्रहसे मिला हुआ, क्षत्रियके घर युद्धसे जीतकर लाया हुआ, वैश्यके पास न्यायपूर्वक (खेती आदिसे) कमाया हुआ और शूद्रके यहाँ सेवासे प्राप्त हुआ थोड़ा-सा भी धन हो तो उसकी बड़ी प्रशंसा होती है तथा धर्मके कार्यमें उसका उपयोग हो तो वह महान् फल देनेवाला होता है ॥ १½ ॥

नित्यं त्रयाणां वर्णानां शुश्रूषुः शूद्र उच्यते॥ २ ॥
क्षत्रधर्मा वैश्यधर्मा नावृत्तिः पतते द्विजः।
शूद्रधर्मा यदा [illegible] स्यात् तदा पतति वै द्विजः॥ ३ ॥

शूद्रको तीनों वर्णोंका नित्य सेवक बताया जाता है। यदि ब्राह्मण जीविकाके अभावमें क्षत्रिय अथवा वैश्यके धर्मसे जीवन-निर्वाह करे तो वह पतित नहीं होता है; किंतु जब वह शूद्रके धर्मको अपनाता है, तब तत्काल पतित हो जाता है॥

वाणिज्यं पाशुपाल्यं च तथा शिल्पोपजीवनम्।
शूद्रस्यापि विधीयन्ते यदा वृत्तिर्न जायते॥ ४ ॥

जब शूद्र सेवावृत्तिसे जीविका न चला सके, तब उसके लिये भी व्यापार, पशुपालन तथा शिल्पकला आदिसे जीवन-निर्वाह करनेकी आज्ञा है॥ ४ ॥

रङ्गावतरणं चैव तथा रूपोपजीवनम्।
मद्यमांसोपजीव्यं [illegible] विक्रयं लोहचर्मणोः॥ ५ ॥
अपूर्विणा न कर्तव्यं कर्म लोके विगर्हितम्।
कृतपूर्वि [illegible] त्यजतो महान् धर्म इति श्रुतिः॥ ६ ॥

रंगमञ्चपर स्त्री आदिके वेषमें उतरकर नाचना या खेल दिखाना, बहुरूपियेका [illegible] करना, मदिरा और मांस बेचकर जीविका चलाना तथा लोहे और चमड़ेकी बिक्री करना—ये सब काम (सबके लिये) लोकमें निन्दित माने गये हैं। जिसके घरमें पूर्वपरम्परासे ये [illegible] न होते आये हों, उसे स्वयं इनका आरम्भ नहीं करना चाहिये। जिसके यहाँ पहलेसे इन्हें करनेकी प्रथा हो, वह भी छोड़ दे तो महान् धर्म होता है—ऐसा [illegible] निर्णय है॥ ५-६ ॥

संसिद्धः पुरुषो लोके यदाचरति पापकम्।
मदेनाभिप्लुतमनास्तच्च न ग्राह्यमुच्यते॥ [illegible] ॥

यदि कोई जगत्में प्रसिद्ध हुआ पुरुष घमण्डमें आकर या मनमें लोभ भरा रहनेके कारण पापाचरण करने लगे तो उसका वह कार्य अनुकरण करने योग्य नहीं बताया गया है॥

श्रूयन्ते हि पुराणेषु प्रजा धिग्दण्डशासनाः।
दान्ता धर्मप्रधानाश्च न्यायधर्मानुवर्तिकाः॥ ८ ॥

पुराणोंमें सुना जाता है कि पहले अधिकांश मनुष्य संयमी, धार्मिक तथा न्यायोचित आचारका ही अनुसरण करनेवाले थे। उस समय अपराधियोंको धिक्कारमात्रका ही दण्ड दिया जाता था॥ ८ ॥

धर्म एव सदा नृणामिह राजन् प्रशस्यते।
धर्मवृद्धा गुणानेव सेवन्ते हि नरा भुवि॥ ९ ॥

राजन्! इस जगत्में सदा मनुष्योंके धर्मकी ही प्रशंसा होती आयी है। धर्ममें बढ़े-चढ़े लोग इस भूतलपर केवल सद्गुणोंका ही सेवन करते हैं॥ ९ ॥

तं धर्ममसुरास्तात नामृष्यन्त जनाधिप।
विवर्धमानाः क्रमशस्तत्र तेऽन्वाविशन् प्रजाः॥ १० ॥

तात! जनेश्वर! परंतु उस धर्मको असुर नहीं सह सके। वे क्रमशः बढ़ते हुए प्रजाके शरीरमें समा गये॥ १० ॥

तासां दर्पः समभवत् प्रजानां धर्मनाशनः।
दर्पात्मनां [illegible] पश्चात् क्रोधस्तासामजायत॥ ११ ॥

तब प्रजाओंमें धर्मको नष्ट करनेवाला दर्प प्रकट हुआ। फिर जब प्रजाओंके मनमें दर्प आ गया, तब क्रोधका भी प्रादुर्भाव हो गया॥ ११ ॥

[illegible] क्रोधाभिभूतानां वृत्तं लज्जासमन्वितम्।
ह्रीश्चैवाप्यनशद् राजंस्ततो मोहो व्यजायत॥ १२ ॥

राजन्! तदनन्तर क्रोधसे आक्रान्त होनेपर मनुष्योंके लज्जायुक्त सदाचारका लोप हो गया। उनका संकोच भी जाता रहा। इसके बाद उनमें मोहकी उत्पत्ति हुई॥ १२ ॥

ततो मोहपरीतास्ता नापश्यन्त यथा पुरा।
परस्परावमर्देन वर्धयन्त्यो यथासुखम्॥ १३ ॥

मोहसे घिर जानेपर उनमें पहले-जैसी विचारदृष्टि नहीं रह गयी; अतः वे परस्पर एक दूसरेका विनाश करके अपने-अपने सुखको बढ़ानेकी चेष्टा करने लगे॥ १३ ॥

ताः प्राप्य तु स धिग्दण्डो [illegible] कारणमतोऽभवत्।

ततोऽभ्यगच्छन् देवांश्च ब्राह्मणांश्चावमन्य [illegible] ॥ १४ ॥

[illegible] बिगड़े हुए लोगोंको पाकर धिक्कारका दण्ड उन्हें राहपर लानेमें [illegible] न हो सका। सभी मनुष्य देवता और ब्राह्मणोंका अपमान करके मनमाने तौरपर विषय-भोगोंका सेवन करने लगे ॥ १४ ॥

एतस्मिन्नेव काले [illegible] देवा देववरं शिवम्।
अगच्छन् शरणं धीरं बहुरूपं गुणाधिकम् ॥ १५ ॥

ऐसा [illegible] उपस्थित होनेपर सम्पूर्ण देवता अनेक रूपधारी, अधिक गुणशाली, धीरजस्वभाव देवेश्वर भगवान् शिवकी शरणमें गये ॥ १५ ॥

तेन [illegible] ते गगनगाः सपुराः पातिताः क्षितौ।
त्रिधाप्येकेन बाणेन देवाप्यायिततेजसा ॥ १६ ॥

तब शिवजीने देवताओंके द्वारा बढ़ाये हुए तेजसे युक्त एक ही शक्तिशाली बाणके द्वारा तीन नगरोंसहित आकाशमें विचरनेवाले उन समस्त असुरोंको मारकर पृथ्वीपर गिरा दिया ॥ १६ ॥

तेषामधिपतिस्त्वासीद् भीमो भीमपराक्रमः।
देवतानां भयकरः स हतः शूलपाणिना ॥ १७ ॥

[illegible] असुरोंका स्वामी भयंकर आकारवाला तथा भीषण पराक्रमी था। देवताओंको वह सदा भयभीत किये रहता था; किंतु भगवान् शूलपाणिने उसे भी मार डाला ॥ १७ ॥

तस्मिन् हतेऽथ स्वं भावं प्रत्यपद्यन्त मानवाः।
प्रावर्तन्त च वेदान् वै शास्त्राणि च यथा पुरा ॥ १८ ॥

[illegible] असुरके मारे जानेपर सब मनुष्य प्रकृतिस्थ हो गये तथा उन्हें पूर्ववत् वेद और शास्त्रोंका ज्ञान हो गया ॥ १८ ॥

ततोऽभिषिच्य राज्येन देवानां दिवि वासवम्।
सप्तर्षयश्चान्वयुञ्जन् नराणां दण्डधारणे ॥ १९ ॥

तत्पश्चात् सप्तर्षियोंने इन्द्रको स्वर्गमें देवताओंके राज्यपर अभिषिक्त किया और वे स्वयं मनुष्यके शासनकार्यमें लग गये ॥ १९ ॥

सप्तर्षीणामथोर्ध्वं च विपृथुर्नाम पार्थिवः।
[illegible] [illegible]त्रियाश्चैव मण्डलेषु पृथक् पृथक् ॥ २० ॥

सप्तर्षियोंके बाद विपृथुनामक राजा भूमण्डलका स्वामी हुआ तथा और भी बहुत-से क्षत्रिय भिन्न-भिन्न मण्डलोंके [illegible] हुए ॥ २० ॥

महाकुलेषु ये [illegible] वृद्धाः पूर्वतराश्च ये।
तेषामप्यासुरो भावो हृदयान्नापसर्पति ॥ २१ ॥

[illegible] [illegible] जो उच्च कुलोंमें उत्पन्न हुए थे, अवस्था और गुणोंमें बढ़े-चढ़े थे तथा जो उनसे भी पूर्ववर्ती पुरुष थे, उनके हृदयसे भी आसुरभाव पूर्णरूपसे नहीं निकला था ॥ २१ ॥

तस्मात् तेनैव भावेन सानुषङ्गेण पार्थिवाः।
आसुराण्येव कर्माणि न्यसेवन् भीमविक्रमाः ॥ २२ ॥

अतः उसी आनुषङ्गिक आसुरभावसे युक्त होकर कितने ही भयकर पराक्रमी भूपाल असुरोचित कर्मोंका ही सेवन करने लगे ॥ २२ ॥

प्रत्यतिष्ठंश्च तेष्वेव तान्येव स्थापयन्त्यपि।
भजन्ते तानि चाद्यापि ये बालिशतरा नराः ॥ २३ ॥

जो मनुष्य अत्यन्त मूर्ख हैं, वे आज भी उन्हीं आसुर-भावोंमें स्थित हैं, उन्हींकी स्थापना करते हैं और उन्हींको सब प्रकारसे अपनाते हैं ॥ २३ ॥

तस्मादहं ब्रवीमि त्वां राजन् संचिन्त्य शास्त्रतः।
संसिद्धाधिगमं कुर्यात् कर्म हिंसात्मकं त्यजेत् ॥ २४ ॥

अतः राजन्! मैं शास्त्रके अनुसार खूब सोच-विचारकर कहता हूँ कि मनुष्यको उन्नत होनेका [illegible] तो करना चाहिये, किंतु हिंसात्मक कर्मका त्याग कर देना चाहिये ॥ २४ ॥

न संकरेण द्रविणं प्रचिन्वीयाद् विचक्षणः।
धर्मार्थं न्यायमुत्सृज्य न तत् कल्याणमुच्यते ॥ २५ ॥

बुद्धिमान् पुरुषको चाहिये कि वह धर्म करनेके लिये न्यायको त्यागकर पापमिश्रित मार्गसे धनका संग्रह न करे; क्योंकि उसे कल्याणकारी नहीं बताया जाता है ॥ २५ ॥

स त्वमेवंविधो दान्तः क्षत्रियः प्रियबान्धवः।
प्रजा भृत्यांश्च पुत्रांश्च स्वधर्मेणानुपालय ॥ २६ ॥

नरेश्वर! [illegible] भी इसी प्रकार जितेन्द्रिय क्षत्रिय होकर बन्धु-बान्धवोंसे प्रेम रखते हुए प्रजा, भृत्य और पुत्रोंका स्वधर्मके अनुसार पालन करो ॥ २६ ॥

इष्टानिष्टसमायोगो वैरं सौहार्दमेव च।
[illegible] जातिसहस्राणि बहूनि परिवर्तते ॥ २७ ॥

इष्ट और अनिष्टका संयोग, वैर और सौहार्द—इन सबका अनुभव करते-करते जीवके कई सहस्र जन्म बीत जाते हैं ॥ २७ ॥

तस्माद् गुणेषु रज्येथा [illegible] दोषेषु कथंचन।
निर्गुणोऽपि हि दुर्बुद्धिरात्मनः सोऽतिरज्यते ॥ २८ ॥

इसलिये तुम सद्गुणोंमें ही अनुराग रखो, दोषोंमें किसी प्रकार नहीं; क्योंकि गुणहीन और दुर्बुद्धि मनुष्य भी अपने गुणोंके अभिमानसे अत्यन्त संतुष्ट रहता है ॥ २८ ॥

मानुषेषु [illegible] धर्माधर्मौ प्रवर्ततः।
न तथान्येषु भूतेषु मनुष्यरहितेष्विह ॥ २९ ॥

महाराज! यहाँ मनुष्योंमें जैसे धर्म और अधर्म निवास करते हैं, उस प्रकार मनुष्येतर अन्य प्राणियोंमें नहीं ॥ २९ ॥

धर्मशीलो नरो विद्वानीहकोऽनीहकोऽपि वा ।
आत्मभूतः सदा लोके चरेद् भूतान्यहिंसया ॥ ३० ॥

धर्मशील विद्वान् मनुष्य सचेष्ट हो चाहे चेष्टारहित, उसे चाहिये कि सदैव जगत्में सबके प्रति आत्मभाव रखकर किसी भी प्राणीकी हिंसा न करते हुए समभावसे व्यवहार करे ॥ ३० ॥

यदा व्यपेतहृल्लेखं मनो भवति तस्य वै ।
नानृतं चैव भवति तदा कल्याणमृच्छति ॥ ३१ ॥

जब मनुष्यका मन कामना और कर्मसंस्कारोंसे रहित हो जाता है तथा [illegible] मिथ्याचारसे रहित हो जाता है, उस समय उसे कल्याणकी प्राप्ति होती है ॥ ३१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां चतुर्नवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २९४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ चौरानबेवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ २९४ ॥

पञ्चनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीता—विषयासक्त मनुष्यका पतन, तपोबलकी श्रेष्ठता तथा दृढ़तापूर्वक स्वधर्मपालनका आदेश

पराशर उवाच

एष धर्मविधिस्तात गृहस्थस्य प्रकीर्तितः ।
तपोविधिं तु वक्ष्यामि तन्मे निगदतः शृणु ॥ १ ॥

पराशरजी कहते हैं—तात ! यह मैंने गृहस्थके धर्म-[illegible] विधान बताया है । अब [illegible] तपकी विधि बताऊँगा, उसे मेरे मुखसे सुनो ॥ १ ॥

प्रायेण च गृहस्थस्य ममत्वं नाम जायते ।
सङ्गागतं नरश्रेष्ठ भावै राजसतामसैः ॥ २ ॥

नरश्रेष्ठ ! गृहस्थ पुरुषको प्रायः राजस और तामस भावों-के संसर्गवश पदार्थ और व्यक्तियोंमें ममता हो जाती है ॥ २ ॥

गृहाण्याश्रित्य [illegible] क्षेत्राणि च धनानि च ।
दाराः पुत्राश्च भृत्याश्च भवन्तीह नरस्य वै ॥ ३ ॥

घरका आश्रय लेते ही मनुष्यका गौ, खेती-बारी, धन-दौलत, स्त्री-पुत्र तथा भरण-पोषणके योग्य अन्यान्य कुटुम्बी-जनोंसे सम्बन्ध स्थापित हो जाता है ॥ ३ ॥

एवं तस्य प्रवृत्तस्य नित्यमेवानुपश्यतः ।
रागद्वेषौ विवर्धेते ह्यनित्यत्वमपश्यतः ॥ [illegible] ॥

इस प्रकार प्रवृत्तिमार्गमें रहकर वह नित्य ही उन वस्तुओंको देखता है, किंतु इनकी अनित्यताकी ओर उसकी दृष्टि नहीं जाती; इसलिये उसके मनमें इनके प्रति राग और द्वेष बढ़ने लगते हैं ॥ ४ ॥

रागद्वेषाभिभूतं च नरं द्रव्यवशानुगम् ।
मोहजाता रतिर्नाम समुपैति नराधिप ॥ ५ ॥

नरेश्वर ! राग और द्वेषके वशीभूत होकर जब मनुष्य द्रव्यमें आसक्त हो जाता है, तब मोहकी कन्या रति उसके पास आ जाती है ॥ ५ ॥

कृतार्थं भोगिनं मत्वा सर्वो रतिपरायणः ।
लाभं ग्राम्यसुखादन्यं रतितो नानुपश्यति ॥ ६ ॥

तब रतिकी उपासनामें लगे हुए सभी लोग भोगीको [illegible] कृतार्थ मानकर रतिके द्वारा जो विषय-सुख [illegible] होता है, उससे बढ़कर दूसरा कोई लाभ नहीं समझते हैं ॥ ६ ॥

ततो लोभाभिभूतात्मा संगाद् वर्धयते जनम् ।
पुष्ट्यर्थं चैव तस्येह जनस्यार्थं चिकीर्षति ॥ ७ ॥

तदनन्तर उनके मनपर लोभका अधिकार हो जाता है और वे आसक्तिवश अपने परिजनोंकी संख्या बढ़ाने लगते हैं । इसके बाद उन कुटुम्बी जनोंके पालन-पोषणके लिये मनुष्यके मनमें धन-संग्रहकी इच्छा होती है ॥ ७ ॥

स जानन्नपि चाकार्यमर्थार्थं सेवते नरः ।
बालस्नेहपरीतात्मा तत्क्षयाच्चानुतप्यते ॥ ८ ॥

यद्यपि मनुष्य जानता है कि अमुक काम करना पाप है, तो भी [illegible] धनके लिये उसका सेवन करता है । बाल-बच्चोंके स्नेहमें उसका मन डूबा रहता है और उनमेंसे जब कोई मर जाता है, तब उनके लिये वह बारंबार संतप्त होता है ॥ ८ ॥

ततो मानेन सम्पन्नो रक्षन्नात्मपराजयम् ।
करोति येन भोगी स्यामिति तस्माद् विनश्यति ॥ ९ ॥

धनसे जब लोकमें सम्मान बढ़ता है, तब वह मानसम्पन्न पुरुष सदा अपने अपमानसे बचनेके लिये प्रयत्न करता रहता है एवं मैं भोगसामग्रियोंसे सम्पन्न होऊँ' यह उद्देश्य लेकर ही वह सारा कार्य करता है और इसी प्रयत्नमें एक दिन नष्ट हो जाता है ॥ ९ ॥

तथा हि बुद्धियुक्तानां शाश्वतं ब्रह्मवादिनाम् ।
अन्विच्छतां शुभं कर्म नराणां त्यजतां सुखम् ॥ १० ॥

वास्तवमें जो शुभ कर्मोंका अनुष्ठान तो करते हैं, परंतु उनसे [illegible] पानेकी इच्छाको त्याग देते हैं, [illegible] समत्व-बुद्धिसे युक्त ब्रह्मवादी पुरुषोंको ही सनातन पदकी प्राप्ति होती है ॥

स्नेहायतननाशाच्च धननाशाच्च पार्थिव ।
आधिव्याधिप्रतापाच्च निर्वेदमुपगच्छति ॥ ११ ॥

पृथ्वीनाथ ! संसारी जीवोंको तो [illegible] उनके स्नेहके आधारभूत स्त्री पुत्र आदिका नाश हो जाता, धन [illegible] और रोग तथा चिन्तासे [illegible] उठाना पड़ता है, तभी वैराग्य होता है ॥ ११ ॥

निर्वेदादात्मसम्बोधः सम्बोधाच्छास्त्रदर्शनम् ।
शास्त्रार्थदर्शनाद् राजंस्तप एवानुपश्यति ॥ १२ ॥

राजन् ! वैराग्यसे मनुष्यको आत्मतत्त्वकी जिज्ञासा होती है । जिज्ञासासे शास्त्रोंके स्वाध्यायमें मन लगता है तथा शास्त्रोंके अर्थ और भावके ज्ञानसे वह तपको ही कल्याणका साधन समझता है ॥ १२ ॥

दुर्लभो हि मनुष्येन्द्र नरः प्रत्यवमर्शवान् ।
यो वै प्रियसुखे क्षीणे तपः कर्तुं व्यवस्यति ॥ १३ ॥

नरेन्द्र ! संसारमें ऐसा विवेकी मनुष्य दुर्लभ है, जो स्त्री-पुत्र आदि प्रियजनोंसे मिलनेवाले सुखके न रहनेपर तपमें प्रवृत्त होनेका ही निश्चय करता है ॥ १३ ॥

तपः सर्वगतं तात हीनस्यापि विधीयते ।
जितेन्द्रियस्य दान्तस्य स्वर्गमार्गप्रवर्तकम् ॥ १४ ॥

[illegible] ! तपस्यामें सभीका अधिकार है । जितेन्द्रिय और मनोनिग्रहसम्पन्न हीन वर्णके लिये भी तपका विधान है; क्योंकि तप पुरुषको स्वर्गकी राहपर लानेवाला है ॥ १४ ॥

प्रजापतिः [illegible] पूर्वमसृजत् [illegible] विभुः ।
क्वचित् क्वचिद् व्रतपरो व्रतान्यास्थाय पार्थिव ॥ १५ ॥

भूपाल ! पूर्वकालमें शक्तिशाली प्रजापतिने तपमें स्थित होकर और कभी-कभी व्रतपरायण व्रतमें स्थित होकर संसारकी रचना की थी ॥ १५ ॥

आदित्या वसवो रुद्रास्तथैवाग्न्यश्विमारुताः ।
विश्वेदेवास्तथा साध्याः पितरोऽथ मरुद्गणाः ॥ १६ ॥
यक्षराक्षसगन्धर्वाः सिद्धाश्चान्ये दिवौकसः ।
संसिद्धास्तपसा [illegible] ये चान्ये स्वर्गवासिनः ॥ १७ ॥

तात ! आदित्य, वसु, रुद्र, अग्नि, अश्विनीकुमार, वायु, विश्वेदेव, साध्य, पितर, मरुद्गण, यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, सिद्ध [illegible] अन्य जो स्वर्गवासी देवता हैं, वे सब-के-सब तपस्यासे ही सिद्धिको [illegible] हुए हैं ॥ १६-१७ ॥

ये चादौ ब्राह्मणाः [illegible] [illegible] तपसा पुरा ।
ते भावयन्तः पृथिवीं विचरन्ति दिवं तथा ॥ १८ ॥

ब्रह्माजीने पूर्वकालमें जिन मरीचि आदि ब्राह्मणोंको [illegible] किया था, वे तपके ही प्रभावसे पृथ्वी और आकाशको पवित्र करते हुए ही विचरते हैं ॥ १८ ॥

मर्त्यलोके च राजानो ये चान्ये गृहमेधिनः ।
महाकुलेषु दृश्यन्ते तत् सर्वं तपसः फलम् ॥ १९ ॥

मर्त्यलोकमें भी जो राजे महाराजे तथा अन्यान्य गृहस्थ महान् कुलोंमें उत्पन्न देखे जाते हैं, वह सब उनकी तपस्याका ही फल है ॥ १९ ॥

कौशिकानि च वस्त्राणि शुभान्याभरणानि च ।
वाहनासनपानानि तत् सर्वं तपसः फलम् ॥ २० ॥

रेशमी [illegible] सुन्दर आभूषण, वाहन, [illegible] और [illegible] खान-पान आदि [illegible] कुछ तपस्याका ही [illegible] ॥२०॥

मनोऽनुकूलाः प्रमदा [illegible] सहस्रशः ।
वासः प्रासादपृष्ठे च तत् सर्वं [illegible] फलम् ॥ २१ ॥

मनके अनुकूल चलनेवाली सहस्रों रूपवती युवतियाँ और महलोंका निवास आदि [illegible] कुछ तपस्याका ही [illegible] है॥

शयनानि च मुख्यानि भोज्यानि विविधानि च ।
अभिप्रेतानि सर्वाणि भवन्ति शुभकर्मिणाम् ॥ २२ ॥

श्रेष्ठ शय्या, भाँति-भाँतिके [illegible] भोजन तथा सभी मनोवाञ्छित पदार्थ पुण्यकर्म करनेवाले लोगोंको ही प्राप्त होते हैं॥

नाप्राप्यं तपसः किंचित् त्रैलोक्येऽपि परंतप ।
उपभोगपरित्यागः फलान्यकृतकर्मणाम् ॥ २३ ॥

परंतप ! त्रिलोकीमें कोई ऐसी वस्तु नहीं है, जो तपस्यासे [illegible] न हो सके; किंतु जिन्होंने काम्य अथवा निषिद्ध कर्म नहीं किये हैं, उनकी तपस्याका [illegible] सुखभोगोंका परित्याग ही है ॥ २३ ॥

सुखितो दुःखितो वापि नरो लोभं परित्यजेत् ।
अवेक्ष्य [illegible] [illegible] बुद्ध्या [illegible] नृपसत्तम ॥ २४ ॥

नृपश्रेष्ठ ! मनुष्य सुखमें हो या दुःखमें, मन और बुद्धि-[illegible] [illegible] तत्त्व समझकर लोभका परित्याग कर दे ॥२४॥

असंतोषोऽसुखायेति लोभादिन्द्रियसम्भ्रमः ।
ततोऽस्य नश्यति [illegible] विद्येवाभ्यासवर्जिता ॥ २५ ॥

असंतोष दुःखका ही कारण है । लोभसे मन और इन्द्रियाँ चञ्चल होती हैं, उससे मनुष्यकी बुद्धि उसी प्रकार नष्ट हो जाती है, जैसे बिना अभ्यासके विद्या ॥ २५ ॥

नष्टप्रज्ञो यदा [illegible] स्यात् तदा न्यायं न पश्यति ।
तस्मात् सुखक्षये प्राप्ते पुमानुग्रं तपश्चरेत् ॥ २६ ॥

जब मनुष्यकी बुद्धि [illegible] हो जाती है, तब वह न्यायको नहीं देख पाता अर्थात् कर्तव्य और अकर्तव्यका निर्णय नहीं

कर पाता है। इसलिये सुखका क्षय हो जानेपर प्रत्येक पुरुषको घोर तपस्या करनी चाहिये ॥ २६ ॥

यदिष्टं तत् सुखं प्राहुर्द्वेष्यं दुःखमिहेष्यते।
कृताकृतस्य तपसः फलं पश्यस्व यादृशम् ॥ २७ ॥

जो अपनेको प्रिय जान पड़ता है, उसे [illegible] कहते हैं तथा जो मनके प्रतिकूल होता है, वह दुःख कहलाता है। तपस्या करनेसे सुख और न करनेसे दुःख होता है। इस प्रकार तप करने और न करनेका जैसा फल होता है, उसे तुम भलीभाँति समझ लो ॥ २७ ॥

नित्यं भद्राणि पश्यन्ति विषयांश्चोपभुञ्जते।
प्राकाश्यं चैव गच्छन्ति कृत्वा निष्कल्मषं तपः ॥ २८ ॥

मनुष्य पापरहित [illegible] करके सदा अपना [illegible] ही देखते हैं। मनोवाञ्छित विषयोंका उपभोग करते हैं और संसारमें उनकी ख्याति होती है ॥ २८ ॥

अप्रियाण्यवमानांश्च दुःखं बहुविधात्मकम्।
फलार्थी तत्फलं त्यक्त्वा प्राप्नोति विषयात्मकम् ॥ २९ ॥

मनके अनुकूल फलकी इच्छा रखनेवाला मनुष्य [illegible] कर्मका अनुष्ठान करके अप्रिय, अपमान और नाना प्रकारके दुःख पाता है, किंतु [illegible] परित्याग करके [illegible] सम्पूर्ण विषयोंके आत्मस्वरूप परब्रह्म परमेश्वरको प्राप्त कर लेता है ॥

धर्मे तपसि दाने च विचिकित्सास्य जायते।
[illegible] कृत्वा पापकान्येव निरयं प्रतिपद्यते ॥ ३० ॥

जिसे धर्म, तपस्या और दानमें संशय उत्पन्न हो जाता है, वह पापकर्म करके नरकमें पड़ता है ॥ ३० ॥

सुखे तु वर्तमानो वै दुःखे वापि नरोत्तम।
सुवृत्ताद् यो न चलते शास्त्रचक्षुः स मानवः ॥ ३१ ॥

नरश्रेष्ठ! मनुष्य सुखमें हो या दुःखमें, जो सदाचारसे कभी विचलित नहीं होता, वही [illegible] जाता है ॥ ३१ ॥

इषुप्रपातमात्रं हि स्पर्शयोगे रतिः स्मृता।
रसने दर्शने घ्राणे श्रवणे [illegible] विशाम्पते ॥ ३२ ॥

प्रजानाथ! बाणको धनुषसे छूटकर पृथ्वीपर गिरनेमें जितनी देर लगती है, उतना ही [illegible] स्पर्शेन्द्रिय, रसना, नेत्र, नासिका और कानके विषयोंका सुख अनुभव करनेमें लगता है अर्थात् विषयोंका सुख क्षणिक है ॥ ३२ ॥

ततोऽस्य जायते तीव्रा वेदना तत्क्षयात् पुनः।
अबुधा न प्रशंसन्ति मोक्षं सुखमनुत्तमम् ॥ ३३ ॥

फिर वह सुख जब नष्ट हो जाता है, तब उसके लिये मनमें बड़ी वेदना होती है। इतनेपर भी अज्ञानी पुरुष (विषयोंमें ही लिप्त रहते हैं, वे) सर्वोत्तम मोक्ष-सुखकी प्रशंसा नहीं करते हैं अर्थात् उसे नहीं चाहते ॥ ३३ ॥

ततः फलार्थं सर्वस्य भवन्ति ज्यायसे गुणाः।
धर्मवृत्त्या च सततं कामार्थाभ्यां न हीयते ॥ ३४ ॥

अतः प्रत्येक विवेकी पुरुषके मनमें श्रेष्ठ मोक्षरूपी प्राप्ति करानेके लिये शम-दम आदि गुणोंकी उत्पत्ति होती है। निरन्तर धर्मका पालन करनेसे मनुष्य कभी धन और भोगोंसे वञ्चित नहीं रहता ॥ ३४ ॥

अप्रयत्नागताः सेव्या गृहस्थैर्विषयाः सदा।
प्रयत्नेनोपगम्यश्च स्वधर्म इति मे मतिः ॥ ३५ ॥

इसलिये गृहस्थ पुरुषको सदा बिना प्रयत्न अपने-आप [illegible] हुए विषयोंका ही सेवन करना चाहिये और प्रयत्न करके तो अपने धर्मका ही पालन करना चाहिये। यही मेरा [illegible] है ॥

मानिनां कुलजातानां नित्यं शास्त्रार्थचक्षुषाम्।
क्रियाधर्मविमुक्तानामशक्त्या संवृतात्मनाम् ॥ ३६ ॥
क्रियमाणं यदा कर्म नाशं गच्छति मानुषम्।
तेषां नान्यदृते लोके तपसः कर्म विद्यते ॥ ३७ ॥

जब उत्तम कुलमें उत्पन्न, सम्मानित तथा शास्त्रके अर्थको जाननेवाले पुरुषोंका और असमर्थताके कारण कर्म-धर्मसे रहित एवं आत्मतत्त्वसे अनभिज्ञ मनुष्योंका भी किया हुआ लौकिक कर्म [illegible] हो ही जाता है, तब यही निष्कर्ष निकलता है कि जगत्में उनके लिये तपके सिवा दूसरा कोई सत्कर्म नहीं है ॥ ३६-३७ ॥

सर्वात्मनानुकुर्वीत गृहस्थः कर्मनिश्चयम्।
दाक्ष्येण हव्यकव्यार्थं स्वधर्मं विचरन् नृप ॥ ३८ ॥

नरेश्वर! गृहस्थको सर्वथा अपने कर्तव्यका निश्चय करके स्वधर्मका पालन करते हुए कुशलतापूर्वक यज्ञ तथा श्राद्ध आदि कर्मोंका अनुष्ठान करना चाहिये ॥ ३८ ॥

यथा नदीनदाः सर्वे सागरे यान्ति संस्थितिम्।
एवमाश्रमिणः सर्वे गृहस्थे यान्ति संस्थितिम् ॥ ३९ ॥

जैसे सम्पूर्ण नदियाँ और नद समुद्रमें जाकर स्थित होते हैं, उसी प्रकार समस्त आश्रम गृहस्थपर ही स्थित रहते हैं ॥ ३९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां पञ्चनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २९५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ पञ्चानबेवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ २९५ ॥

षण्णवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीता—वर्णविशेषकी उत्पत्तिका रहस्य, तपोबलसे उत्कृष्ट वर्णकी प्राप्ति, विभिन्न वर्णोंके विशेष और सामान्य धर्म, सत्कर्मकी श्रेष्ठता तथा हिंसारहित धर्मका वर्णन

जनक उवाच

वर्णो विशेषवर्णानां महर्षे केन जायते।
एतदिच्छाम्यहं ज्ञातुं तद् ब्रूहि वदतां वर ॥ १ ॥

जनकने पूछा—वक्ताओंमें श्रेष्ठ महर्षे! ब्राह्मण आदि विशेष-विशेष वर्णोंका जो वर्ण है, वह कैसे उत्पन्न होता है? यह मैं जानना चाहता हूँ। आप इस विषयको बतावें ॥ १ ॥

यदेतज्जायतेऽपत्यं स एवायमिति श्रुतिः।
कथं ब्राह्मणतो जातो विशेषग्रहणं गतः ॥ २ ॥

श्रुति कहती है कि जिससे वह संतान उत्पन्न होती है, तद्रूप ही समझी जाती है। अर्थात् संततिके रूपमें जन्मदाता पिता ही नूतन जन्म धारण करता है। ऐसी दशामें प्रारम्भमें ब्रह्माजीसे उत्पन्न हुए ब्राह्मणोंसे ही सबका जन्म हुआ है, तब उनकी क्षत्रिय आदि विशेष संज्ञा कैसे हो गयी? ॥ २ ॥

पराशर उवाच

एवमेतन्महाराज येन जातः स एव सः।
तपसस्त्वपकर्षेण जातिग्रहणतां गतः ॥ ३ ॥

पराशरजीने कहा—महाराज! यह ठीक है कि जिससे जो जन्म लेता है, उसीका वह स्वरूप होता है तथापि तपस्याकी न्यूनताके कारण लोग निकृष्ट जातिको प्राप्त हो गये हैं ॥ ३ ॥

सुक्षेत्राच्च सुबीजाच्च पुण्यो भवति सम्भवः।
अतोऽन्यतरतो हीनादवरो नाम जायते ॥ ४ ॥

उत्तम क्षेत्र और उत्तम बीजसे जो जन्म होता है, वह पवित्र ही होता है। यदि क्षेत्र और बीजमेंसे एक भी निम्नकोटिका हो तो उससे निम्न संतानकी ही उत्पत्ति होती है॥

वक्त्राद् भुजाभ्यामूरुभ्यां पद्भ्यां चैवाथ जज्ञिरे।
सृजतः प्रजापतेर्लोकानिति धर्मविदो विदुः ॥ ५ ॥

धर्मज्ञ पुरुष यह जानते हैं कि प्रजापति ब्रह्माजी जब मानव-जगत्‌की सृष्टि करने लगे, उस समय उनके मुख, भुजा, जाँघ और पैर—इन अङ्गोंसे मनुष्योंका प्रादुर्भाव हुआ था ॥

मुखजा ब्राह्मणास्तात बाहुजाः क्षत्रियाः स्मृताः।
ऊरुजा धनिनो राजन् पादजाः परिचारकाः ॥ ६ ॥

तात! जो मुखसे उत्पन्न हुए, वे ब्राह्मण कहलाये। दोनों भुजाओंसे उत्पन्न होनेवाले मनुष्योंको क्षत्रिय माना गया। राजन्! जो ऊरुओं (जाँघों) से उत्पन्न हुए, वे धनवान् (वैश्य) कहे गये; जिनकी उत्पत्ति चरणोंसे हुई, वे सेवक या शूद्र कहलाये ॥ ६ ॥

चतुर्णामेव वर्णानामागमः पुरुषर्षभ।
अतोऽन्ये त्वतिरिक्ता ये ते वै संकरजाः स्मृताः ॥ ७ ॥

पुरुषप्रवर! इस प्रकार ब्रह्माजीके चार अङ्गोंसे चार वर्णोंकी ही उत्पत्ति हुई। इनसे भिन्न जो दूसरे-दूसरे मनुष्य हैं, वे इन्हीं चार वर्णोंके सम्मिश्रणसे उत्पन्न होनेके कारण वर्णसंकर कहलाते हैं ॥ ७ ॥

क्षत्रियातिरथाम्बष्ठा उग्रा वैदेहकास्तथा।
श्वपाकाः पुल्कसाः स्तेना निषादाः सूतमागधाः ॥ ८ ॥
अयोगाः करणा व्रात्याश्चाण्डालाश्च नराधिप।
एते चतुर्भ्यो वर्णेभ्यो जायन्ते वै परस्परात् ॥ ९ ॥

नरेश्वर! क्षत्रिय, अतिरथ, अम्बष्ठ, उग्र, वैदेह, श्वपाक, पुल्कस, स्तेन, निषाद, सूत, मागध, अयोग, करण, व्रात्य और चाण्डाल—ये ब्राह्मण आदि चार वर्णोंसे अनुलोम और विलोम वर्णकी स्त्रियोंके साथ परस्पर संयोग होनेसे उत्पन्न होते हैं ॥ ८-९ ॥

जनक उवाच

ब्रह्मणैकेन जातानां नानात्वं गोत्रतः कथम्।
बहूनीह हि लोके वै गोत्राणि मुनिसत्तम ॥ १० ॥

जनकने पूछा—मुनिश्रेष्ठ! जब सबको एकमात्र ब्रह्माजीने ही जन्म दिया है, तब मनुष्योंके भिन्न-भिन्न गोत्र कैसे हुए? इस जगत्‌में मनुष्योंके बहुत-से गोत्र सुने जाते हैं ॥

यत्र तत्र कथं जाताः स्वयोनिं मुनयो गताः।
शुद्धयोनौ समुत्पन्ना वियोनौ च तथा परे ॥ ११ ॥

ऋषि-मुनि जहाँ-तहाँ जन्म ग्रहण करके अर्थात् जो शुद्ध योनिमें और दूसरे जो विपरीत योनिमें उत्पन्न हुए हैं, वे सब ब्राह्मणत्वको कैसे प्राप्त हुए? ॥ ११ ॥

पराशर उवाच

राजन्नेतद् भवेद् ग्राह्यमपकृष्टेन जन्मना।
महात्मनां समुत्पत्तिस्तपसा भावितात्मनाम् ॥ १२ ॥

पराशरजीने कहा—राजन्! तपस्यासे जिनके अन्तःकरण शुद्ध हो गये हैं, उन महात्मा पुरुषोंके द्वारा जिस संतानकी उत्पत्ति होती है, अथवा वे स्वेच्छासे जहाँ-कहीं भी जन्म ग्रहण करते हैं, वह क्षेत्रकी दृष्टिसे निकृष्ट होनेपर भी उसे उत्कृष्ट ही मानना चाहिये ॥ १२ ॥

उत्पाद्य पुत्रान् मुनयो नृपते यत्र तत्र ह।
स्वेनैव तपसा तेषामृषित्वं विदधुः पुनः ॥ १३ ॥

नरेश्वर! मुनियोंने जहाँ-तहाँ कितने ही पुत्र उत्पन्न

करके उन सबको अपने ही तपोबलसे ऋषि बना दिया ॥

पितामहश्च मे पूर्वमृष्यश्रृङ्गश्च काश्यपः।
वेदस्ताण्ड्यः कृपश्चैव कक्षीवान् कमठादयः ॥ १४ ॥
यवक्रीतश्च नृपते द्रोणश्च वदतां वरः।
आयुर्मतङ्गो दत्तश्च द्रुपदो मत्स्य एव च ॥ १५ ॥
एते स्वां प्रकृतिं प्राप्ता वैदेह तपसोऽऽश्रयात्।
प्रतिष्ठिता वेदविदो दमेन तपसैव हि ॥ १६ ॥

विदेहराज ! मेरे पितामह वसिष्ठजी, काश्यप-गोत्रीय ऋष्यशृङ्ग, वेद, ताण्ड्य, कृप, कक्षीवान्, कमठ आदि, यवक्रीत, वक्ताओंमें श्रेष्ठ द्रोण, आयु, मतङ्ग, दत्त, द्रुपद तथा मत्स्य—ये सब तपस्याका आश्रय लेनेसे ही अपनी-अपनी प्रकृतिको प्राप्त हुए थे। इन्द्रियसंयम और तपसे ही वे वेदोंके विद्वान् तथा समाजमें प्रतिष्ठित हुए थे ॥ १४–१६ ॥

मूलगोत्राणि चत्वारि समुत्पन्नानि पार्थिव।
अङ्गिराः कश्यपश्चैव वसिष्ठो भृगुरेव च ॥ १७ ॥
कर्मतोऽन्यानि गोत्राणि समुत्पन्नानि पार्थिव।
नामधेयानि तपसा तानि च ग्रहणं सताम् ॥ १८ ॥

पृथ्वीनाथ ! पहले अङ्गिरा, कश्यप, वसिष्ठ और भृगु—ये ही चार मूल गोत्र प्रकट हुए थे। अन्य गोत्र कर्मके अनुसार पीछे उत्पन्न हुए हैं। वे गोत्र और उनके नाम उन गोत्र-प्रवर्तक महर्षियोंकी तपस्यासे ही साधुसमाजमें सुविख्यात एवं सम्मानित हुए हैं ॥ १७-१८ ॥

जनक उवाच

विशेषधर्मान् वर्णानां प्रब्रूहि भगवन् मम।
तथा सामान्यधर्मांश्च सर्वत्र कुशलो ह्यसि ॥ १९ ॥

जनकने पूछा—भगवन् ! आप मुझे सब वर्णोंके विशेष धर्म बताइये, फिर सामान्य धर्मोंका भी वर्णन कीजिये; क्योंकि आप सब विषयोंका प्रतिपादन करनेमें कुशल हैं ॥ १९ ॥

पराशर उवाच

प्रतिग्रहो याजनं च तथैवाध्यापनं नृप।
विशेषधर्मो विप्राणां रक्षा क्षत्रस्य शोभना ॥ २० ॥

पराशरजीने कहा—राजन् ! दान लेना, यज्ञ कराना तथा विद्या पढाना—ये ब्राह्मणोंके विशेष धर्म हैं (जो उनकी जीविकाके साधन हैं)। प्रजाकी रक्षा करना क्षत्रियके लिये श्रेष्ठ धर्म है ॥ २० ॥

कृषिश्च पाशुपाल्यं च वाणिज्यं च विशामपि।
द्विजानां परिचर्या च शूद्रकर्म नराधिप ॥ २१ ॥

नरेश्वर ! कृषि, पशुपालन और व्यापार—ये वैश्योंके कर्म हैं तथा द्विजातियोंकी सेवा शूद्रका धर्म है ॥ २१ ॥

विशेषधर्मा नृपते वर्णानां परिकीर्तिताः।
धर्मान् साधारणांस्तात विस्तरेण शृणुष्व मे ॥ २२ ॥

महाराज ! ये वर्णोंके विशेष धर्म बताये गये हैं। तात ! अब उनके साधारण धर्मोंका विस्तारपूर्वक वर्णन मुझसे सुनो ॥

आनृशंस्यमहिंसा चाप्रमादः संविभागिता।
श्राद्धकर्मातिथेयं च सत्यमक्रोध एव च ॥ २३ ॥
स्वेषु दारेषु संतोषः शौचं नित्यानसूयता।
आत्मज्ञानं तितिक्षा च धर्माः साधारणा नृप ॥ २४ ॥

क्रूरताका अभाव (दया), अहिंसा, अप्रमाद (सावधानी), देवता-पितर आदिको उनके भाग समर्पित करना अथवा दान देना, श्राद्धकर्म, अतिथिसत्कार, सत्य, अक्रोध, अपनी ही पत्नीमें संतुष्ट रहना, पवित्रता रखना, कभी किसीके दोष न देखना, आत्मज्ञान तथा सहनशीलता—ये सभी वर्णोंके सामान्य धर्म हैं ॥ २३-२४ ॥

ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्यास्त्रयो वर्णा द्विजातयः।
अत्र तेषामधीकारो धर्मेषु द्विपदां वर ॥ २५ ॥

नरश्रेष्ठ ! ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य—ये तीन वर्ण द्विजाति कहलाते हैं। उपर्युक्त धर्मोंमें इन्हींका अधिकार है ॥

विकर्मावस्थिता वर्णाः पतन्ति नृपते त्रयः।
उन्नमन्ति यथासन्तमाश्रित्येह स्वकर्मसु ॥ २६ ॥

नरेश्वर ! ये तीन वर्ण विपरीत कर्मोंमें प्रवृत्त होनेपर पतित हो जाते हैं। सत्पुरुषोंका आश्रय ले अपने अपने कर्मोंमें लगे रहनेसे जैसे इनकी उन्नति होती है, वैसे ही विपरीत कर्मोंके आचरणसे पतन भी हो जाता है ॥ २६ ॥

न चापि शूद्रः पततीति निश्चयो
न चापि संस्कारमिहार्हतीति वा।
श्रुतिप्रवृत्तं न च धर्ममाप्नुते
न चास्य धर्मे प्रतिषेधनं कृतम् ॥ २७ ॥

यह निश्चय है कि शूद्र पतित नहीं होता तथा वह उपनयन आदि संस्कारका भी अधिकारी नहीं है। उसे वैदिक अग्निहोत्र आदि कर्मोंके अनुष्ठानका भी अधिकार नहीं प्राप्त है; परंतु उपर्युक्त सामान्य धर्मोंका उसके लिये निषेध भी नहीं किया गया है ॥ २७ ॥

वैदेहकं शूद्रमुदाहरन्ति
द्विजा महाराज श्रुतोपपन्नाः।
अहं हि पश्यामि नरेन्द्र देवं
विश्वस्य विष्णुं जगतः प्रधानम् ॥ २८ ॥

महाराज विदेहनरेश ! वेद-शास्त्रोंके ज्ञानसे सम्पन्न द्विज शूद्रको प्रजापतिके तुल्य बताते हैं (क्योंकि वह परिचर्या द्वारा समस्त प्रजाका पालन करता है); परंतु नरेन्द्र ! मैं तो उसे सम्पूर्ण जगत्के प्रधान रक्षक भगवान् विष्णुके रूपमें देखता हूँ (क्योंकि पालन कर्म विष्णुका ही है और वह अपने उस कर्मद्वारा पालनकर्ता श्रीहरिकी आराधना करके उन्हींको प्राप्त होता है) ॥ २८ ॥

सतां वृत्तमधिष्ठाय निहीना उद्दिधीर्षवः।
मन्त्रवर्जं न दुष्यन्ति कुर्वाणाः पौष्टिकीः क्रियाः ॥ २९ ॥

हीनवर्णके मनुष्य (शूद्र) यदि अपना उद्धार करना

चाहें तो सदाचारका पालन करते हुए आत्माको उन्नत बनानेवाली [illegible] क्रियाओंका अनुष्ठान करें; परन्तु वैदिक मन्त्रका उच्चारण न करें। ऐसा करनेसे वे दोषके भागी नहीं होते हैं ॥ २९ ॥

यथा यथा हि सद्वृत्तमालम्बन्तीतरे जनाः।
[illegible] सुखं [illegible] प्रेत्य चेह च मोदते ॥ ३० ॥

इतर जातीय मनुष्य भी जैसे-जैसे सदाचारका आश्रय लेते हैं, वैसे-ही-वैसे [illegible] पाकर इहलोक और परलोकमें भी [illegible] भोगते हैं ॥ ३० ॥

जनक उवाच

[illegible] कर्म दूषयत्येनमथो जातिर्महामुने।
संदेहो मे समुत्पन्नस्तन्मे व्याख्यातुमर्हसि ॥ ३१ ॥

जनकने पूछा—महामुने! मनुष्यको उसके कर्म दूषित करते हैं या जाति? मेरे मनमें यह संदेह उत्पन्न हुआ है, आप इसका विवेचन कीजिये ॥ ३१ ॥

पराशर उवाच

असंशयं महाराज उभयं दोषकारकम्।
कर्म चैव हि जातिश्च विशेषं [illegible] निशामय ॥ ३२ ॥

पराशरजीने कहा—महाराज! इसमें संदेह नहीं कि कर्म और जाति दोनों [illegible] दोषकारक होते हैं; परंतु इसमें जो विशेष बात है, उसे बताता हूँ, सुनो ॥ ३२ ॥

जात्या च कर्मणा चैव दुष्टं कर्म [illegible] सेवते।
[illegible] दुष्टश्च यः पापं न करोति [illegible] पूरुषः ॥ ३३ ॥

जो जाति और कर्म—इन दोनोंसे श्रेष्ठ तथा पापकर्मका सेवन नहीं करता एवं जातिसे दूषित होकर भी जो पापकर्म नहीं [illegible] है, वही पुरुष कहलाने योग्य है ॥ ३३ ॥

[illegible] प्रधानं पुरुषं कुर्वाणं कर्म धिक्कृतम्।
कर्म तद् दूषयत्येनं तस्मात् कर्म न शोभनम् ॥ ३४ ॥

जातिसे श्रेष्ठ पुरुष भी यदि निन्दित कर्म करता है तो [illegible] कर्म उसे कलङ्कित [illegible] देता है; इसलिये किसी भी दृष्टिसे बुरा कर्म करना अच्छा नहीं है ॥ ३४ ॥

जनक उवाच

कानि कर्माणि धर्म्याणि लोकेऽस्मिन् द्विजसत्तम।
न हिंसन्तीह भूतानि क्रियमाणानि सर्वदा ॥ ३५ ॥

जनकने पूछा—द्विजश्रेष्ठ! इस लोकमें कौन-कौन-से ऐसे धर्मानुकूल कर्म हैं, जिनका अनुष्ठान करते समय कभी किसी भी प्राणीकी हिंसा नहीं होती? ॥ ३५ ॥

पराशर उवाच

[illegible] मेऽत्र महाराज यन्मां त्वं परिपृच्छसि।
यानि कर्माण्यहिंस्राणि नरं त्रायन्ति सर्वदा ॥ ३६ ॥

पराशरजीने कहा—महाराज! तुम जिन कर्मोंके विषयमें पूछ रहे हो, उन्हें बताता हूँ, मुझसे सुनो। जो कर्म हिंसासे रहित हैं, वे सदा मनुष्यकी रक्षा करते हैं ॥ ३६ ॥

संन्यस्याग्नीनुदासीनाः पश्यन्ति विगतज्वराः।
नैःश्रेयसं कर्मपथं समारुह्य यथाक्रमम् ॥ ३७ ॥
प्रश्रिता विनयोपेता दमनित्याः सुसंशिताः।
प्रयान्ति स्थानमजरं सर्वकर्मविवर्जिताः ॥ ३८ ॥

जो लोग (संन्यासकी दीक्षा ले) अग्निहोत्रका त्याग करके उदासीनभावसे सब कुछ देखते रहते हैं और सब प्रकारकी चिन्ताओंसे रहित हो क्रमशः कल्याणकारी कर्मके पथपर [illegible] होकर नम्रता, विनय और इन्द्रियसंयम आदि गुणोंको अपनाते तथा तीक्ष्ण [illegible] पालन करते हैं, वे सब कर्मोंसे रहित हो अविनाशी पदको प्राप्त कर लेते हैं ॥

सर्वे वर्णा धर्मकार्याणि सम्यक्
कृत्वा राजन् सत्यवाक्यानि चोक्त्वा।
त्यक्त्वाधर्मं दारुणं जीवलोके
यान्ति स्वर्गं [illegible] कार्यो विचारः ॥ ३९ ॥

राजन्! सभी वर्णोंके लोग इस जीव-जगत्में अपने-अपने धर्मानुसार कर्मका भलीभाँति अनुष्ठान करके, सदा [illegible] बोलकर तथा भयानक पापकर्मका सर्वथा परित्याग करके स्वर्गलोकमें जाते हैं। इस विषयमें कोई अन्यथा विचार नहीं करना चाहिये ॥ ३९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां षण्णवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २९६ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ छानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २९६ ॥

सप्तनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीता—नाना प्रकारके धर्म और कर्तव्योंका उपदेश

पराशर उवाच

पिता सखायो गुरवः स्त्रियश्च
न निर्गुणानां हि भवन्ति लोके।
[illegible] प्रियवादिनश्च
हिताश्च वश्याश्च भवन्ति राजन् ॥ १ ॥

राजन्! संसारमें पिता, सखा, गुरुजन और स्त्रियाँ—ये कोई भी उसके नहीं होते, जो सर्वथा गुणहीन हैं; किंतु जो प्रभुके अनन्य भक्त, प्रियवादी, हितैषी और इन्द्रियविजयी हैं, वे ही उसके होते हैं अर्थात् उसका त्याग नहीं करते ॥ १ ॥

पिता परं दैवतं मानवानां
मातुर्विशिष्टं पितरं वदन्ति।

ज्ञानस्य लाभं परमं वदन्ति
जितेन्द्रियार्थाः परमाप्नुवन्ति ॥ २ ॥

पिता मनुष्योंके लिये सर्वश्रेष्ठ देवता है। कोई-कोई पिताको मातासे भी बढ़कर बताते हैं। श्रेष्ठ पुरुष ज्ञानके लाभको ही परम लाभ कहते हैं। जिन्होंने श्रोत्र आदि इन्द्रियों और शब्द आदि विषयोंपर विजय पा ली है, वे परमपदको प्राप्त होते हैं॥ २॥

रणाजिरे यत्र शराग्निसंस्तरे
नृपात्मजो घातमवाप्य दह्यते।
प्रयाति लोकानमरैः सुदुर्लभान्
निषेवते स्वर्गफलं यथासुखम्॥ ३॥

क्षत्रियका पुत्र यदि समराङ्गणमें घायल होकर बाणोंकी चितापर दग्ध होता है तो वह देवदुर्लभ लोकोंमें जाता और वहाँ आनन्दपूर्वक स्वर्गीय-सुख भोगता है॥ ३॥

श्रान्तं भीतं भ्रष्टशस्त्रं रुदन्तं
पराङ्मुखं पारिबर्हैश्च हीनम्।
अनुद्यन्तं रोगिणं याचमानं
न वै हिंस्याद् बालवृद्धौ च राजन्॥ ४॥

राजन्! जो युद्धमें थका हुआ हो, भयभीत हो, जिसने हथियार नीचे डाल दिया हो, जो रोता हो, पीठ दिखाकर भाग रहा हो, जिसके पास युद्धका कोई भी सामान न रह गया हो, जो युद्धविषयक उद्यम छोड़ चुका हो, रोगी हो और प्राणोंकी भीख माँगता हो तथा जो अवस्थामें बालक या वृद्ध हो, ऐसे शत्रुका वध नहीं करना चाहिये॥ ४॥

पारिबर्हैः सुसंयुक्तमुद्यतं तुल्यतां गतम्।
अतिक्रमेत् तं नृपतिः संग्रामे क्षत्रियात्मजम्॥ ५॥

किंतु जिसके पास युद्धका सामान हो, जो युद्धके लिये तैयार हो और अपने बराबरका हो, सग्रामभूमिमें उस क्षत्रिय-कुमारको राजा अवश्य जीतनेका प्रयत्न करे॥ ५॥

तुल्यादिह वधः श्रेयान् विशिष्टाच्चेति निश्चयः।
निहीनात् कातराच्चैव कृपणाद् गर्हितो वधः॥ ६॥

अपने समान या अपनी अपेक्षा बड़े वीरके हाथसे वध होना श्रेष्ठ है, ऐसा युद्ध-शास्त्रके ज्ञाताओंका निश्चय है। अपनेसे हीन, कातर तथा दीन पुरुषके हाथसे होनेवाली मृत्यु निन्दित है॥ ६॥

पापात् पापसमाचारान्निहीनाच्च नराधिप।
पाप एव वधः प्रोक्तो नरकायेति निश्चयः॥ ७॥

नरेश्वर! पापी, पापाचारी और हीन मनुष्यके हाथसे जो वध होता है, [illegible] पापरूप ही बताया गया है तथा वह नरकमें गिरानेवाला है, यही शास्त्रका निश्चय है॥ ७॥

न कश्चित् त्राति वै राजन् दिष्टान्तवशमागतम्।
सावशेषायुषं चापि कश्चिन्नैवापकर्षति॥ ८॥

राजन्! मृत्युके वशमें पड़े हुए प्राणीको कोई बचा नहीं सकता और जिनकी आयु शेष है, उसे कोई मार भी नहीं सकता॥ ८॥

स्निग्धैश्च क्रियमाणानि कर्माणीह निवर्तयेत्।
हिंसात्मकानि सर्वाणि नायुरिच्छेत् परायुषा॥ ९॥

मनुष्यको चाहिये कि उसके प्रियजन यदि कोई हिंसात्मक कर्म उसके लिये करते हों तो वह उन सब कर्मोंको रोक दे। दूसरेकी आयुसे अपनी आयु बढ़ानेकी अर्थात् दूसरोंके प्राण लेकर अपने प्राण बचानेकी इच्छा न करे॥ ९॥

गृहस्थानां तु सर्वेषां विनाशमभिकाङ्क्षताम्।
निधनं शोभनं तात पुलिनेषु क्रियावताम्॥ १०॥

[illegible]! मरनेकी इच्छावाले समस्त गृहस्थोंके लिये तो वही मृत्यु सबसे उत्तम मानी गयी है, जो गङ्गादि पवित्र नदियोंके तटोंपर शुभकर्मोंका अनुष्ठान करते हुए [illegible] हो॥ १०॥

आयुषि क्षयमापन्ने पञ्चत्वमुपगच्छति।
[illegible] ह्यकारणाद् भवति कारणैरुपपादितम्॥ ११॥

जब आयु समाप्त हो जाती है तभी देहधारी जीव पञ्चत्वको प्राप्त होता है। यह बिना कारणके भी हो जाता है और कभी विभिन्न कारणोंसे उपपादित होता है॥ ११॥

[illegible] शरीरं भवति देहाद् येनोपपादितम्।
अध्वानं गतकश्चायं प्राप्तश्चायं गृहाद् गृहम्॥ १२॥

जो लोग देहको पाकर हठपूर्वक उसका परित्याग कर देते हैं, उनको पूर्ववत् ही यातनामय शरीरकी प्राप्ति होती है। ऐसे लोग (मोक्षके साधनरूप मनुष्यशरीरको पाकर भी आत्म-हत्याके कारण उस लाभसे वञ्चित हो) एक घरसे दूसरे घरमें जानेवाले मनुष्यके समान एक शरीरसे दूसरे शरीरको प्राप्त होते हैं॥ १२॥

द्वितीयं कारणं तत्र नान्यत् किंचन विद्यते।
तद् देहं देहिनां युक्तं पञ्चभूतेषु वर्तते॥ १३॥

इनकी उस अवस्थाके प्राप्त होनेमें आत्महत्याके सिवा दूसरा कोई कारण नहीं है। उन प्राणियोंको उस शरीरका मिलना उचित ही है, जो कि पञ्चभूतमय है॥ १३॥

शिरास्नाय्वस्थिसंघातं बीभत्सामेध्यसंकुलम्।
भूतानामिन्द्रियाणां च गुणानां च समागमम्॥ १४॥

यह शरीर नस, नाड़ी और हड्डियोंका समूह है। घृणित और अपवित्र मल-मूत्र आदिसे भरा हुआ है। पञ्चमहाभूतों, श्रोत्र आदि इन्द्रियों तथा गुणों (वासनामय विषयों) का समुदाय है॥ १४॥

त्वगन्तं देहमित्याहुर्विद्वांसोऽध्यात्मचिन्तकाः।
गुणैरपि परिक्षीणं शरीरं मर्त्यतां गतम्॥ १५॥

अध्यात्मतत्त्वका चिन्तन करनेवाले ज्ञानी पुरुष कहते हैं कि इस शरीरके अन्तमें अर्थात् सबसे ऊपर त्वचा (चमड़ा)

मात्र है। यह सौन्दर्य आदि गुणोंसे भी रहित है। इसकी मृत्यु अनिवार्य है ॥ १५ ॥

शरीरिणा परित्यक्तं निश्चेष्टं गतचेतनम्।
भूतैः प्रकृतिमापन्नैस्ततो भूमौ निमज्जति ॥ १६ ॥

जब जीवात्मा इस देहका परित्याग [illegible] देता है, तब यह देह निश्चेष्ट और चेतनाशून्य हो जाती है। एवं इसके पाँच भूत अपनी-अपनी प्रकृतिके साथ मिल जाते हैं। फिर तो यह पृथ्वीमे निमग्न हो जाती है ॥ १६ ॥

भावितं कर्मयोगेन जायते तत्र [illegible] ह।
इदं शरीरं वैदेह म्रियते यत्र यत्र ह।
तत्स्वभावोऽपरो दृष्टो विसर्गः कर्मणस्तथा ॥ १७ ॥

विदेहराज! यह शरीर जिस किसी स्थानमें मृत्युको प्राप्त हो जाता है; फिर प्रारब्धकर्मके योगसे भावित होकर जहाँ-कहीं भी जन्म ले लेता है। कर्मोंका फलस्वरूप यह स्वभावसिद्ध पुनर्जन्म देखा गया है ॥ १७ ॥

न जायते तु नृपते कंचित् कालमयं पुनः।
परिभ्रमति भूतात्मा द्यामिवाम्बुधरो महान् ॥ १८ ॥

नरेश्वर! जैसे विशाल मेघ आकाशमें सब ओर भ्रमण करता है, उसी प्रकार जीवात्मा प्रारब्ध-कर्मके फलसे कुछ कालतक घूमता रहता है, जन्म नहीं लेता है ॥ १८ ॥

स पुनर्जायते राजन् प्राप्येहायतनं नृप।
मनसः परमो ह्यात्मा इन्द्रियेभ्यः परं मनः ॥ १९ ॥

राजन्! वही यहाँ फिर कोई आधार पाकर पुनः जन्म लेता है। मनसे आत्मा श्रेष्ठ है और इन्द्रियोंसे मन श्रेष्ठ है ॥

विविधानां [illegible] भूतानां जङ्गमाः परमा नृप।
जङ्गमानामपि तथा द्विपदाः परमा [illegible] ॥ २० ॥

महाराज! संसारके विविध प्राणियोंमें चलने फिरनेवाले जीव श्रेष्ठ माने गये हैं। इन जङ्गम प्राणियोंमे भी दो पैरवाले जीव (मनुष्य) श्रेष्ठ कहे गये हैं ॥ २० ॥

द्विपदानामपि तथा द्विजा वै परमाः स्मृताः।
द्विजानामपि राजेन्द्र प्रज्ञावन्तः परा मताः।
प्राज्ञानामात्मसम्बुद्धाः सम्बुद्धानाममानिनः ॥ २१ ॥

मनुष्योंमें भी द्विज श्रेष्ठ कहे गये हैं। राजेन्द्र! द्विजोंमें बुद्धिमान् और बुद्धिमानोंमें भी आत्मज्ञानी श्रेष्ठ समझे जाते हैं। उनमें भी जो अहङ्काररहित हैं, उन्हें सर्वश्रेष्ठ माना गया है ॥२१॥

जातमन्वेति मरणं नृणामिति विनिश्चयः।
अन्तवन्ति हि कर्माणि सेवन्ते गुणतः प्रजाः ॥ २२ ॥

जन्मके साथ ही मृत्यु मनुष्योंके पीछे लगी रहती है। यह विद्वानोंका निश्चय है। समस्त प्रजा सत्त्व आदि गुणोंसे प्रेरित होकर विनाशशील कर्मोंका आचरण करती है ॥२२॥

आपन्ने तूत्तरां काष्ठां सूर्ये यो निधनं व्रजेत्।
नक्षत्रे च [illegible] च पुण्ये राजन् [illegible] पुण्यकृत् ॥ २३ ॥

राजन्! जो सूर्यके उत्तरायण होनेपर उत्तम नक्षत्र और पवित्र मुहूर्तमें मृत्युको प्राप्त होता है, वह पुण्यात्मा है ॥२३॥

अयोजयित्वा क्लेशेन जनं प्लाव्य च दुष्कृतम्।
मृत्युनाऽऽत्मकृतेनेह कर्म कृत्वाऽऽत्मशक्तिभिः ॥ २४ ॥

वह किसीको भी कष्ट न देकर प्रायश्चित्तके द्वारा अपने पापको नष्ट कर डालता है और अपनी शक्तिके अनुसार शुभकर्म करके स्वेच्छासे मृत्युको अङ्गीकार करता है ॥ २४ ॥

विषमुद्बन्धनं दाहो दस्युहस्तात् तथा वधः।
दंष्ट्रिभ्यश्च पशुभ्यश्च प्राकृतो [illegible] उच्यते ॥ २५ ॥

किंतु विष खा लेनेसे, गलेमें फाँसी लगानेसे, आगमें जलनेसे, लुटेरोंके हाथसे तथा दाढ़वाले पशुओंके आघातसे जो वध होता है, वह अधम श्रेणीका माना जाता है ॥२५॥

न चैभिः पुण्यकर्माणो युज्यन्ते चाभिसंधिजैः।
एवंविधैश्च बहुभिरपरैः प्राकृतैरपि ॥ २६ ॥

पुण्यकर्म करनेवाले मनुष्य इस तरहके उपायोंसे प्राण नहीं देते तथा ऐसे-ऐसे दूसरे अधम उपायोंसे भी उनकी मृत्यु नहीं होती ॥ २६ ॥

ऊर्ध्वं भित्त्वा प्रतिष्ठन्ते प्राणाः पुण्यवतां नृप।
मध्यतो मध्यपुण्यानामधो दुष्कृतकर्मणाम् ॥ २७ ॥

राजन्! पुण्यात्मा पुरुषोंके प्राण ब्रह्मरन्ध्रको भेदकर निकलते हैं। जिनके पुण्यकर्म मध्यम श्रेणीके हैं, उनके प्राण मध्यद्वार (मुख, नेत्र आदि) से बाहर होते हैं तथा जिन्होंने केवल पाप ही किया है, उनके प्राण नीचेके छिद्र (गुदा [illegible] शिश्नद्वार) से निकलते हैं ॥ २[illegible] ॥

एकः शत्रुर्न द्वितीयोऽस्ति शत्रु-
रज्ञानतुल्यः पुरुषस्य राजन्।
येनावृतः कुरुते सम्प्रयुक्तो
घोराणि कर्माणि सुदारुणानि ॥ २८ ॥

राजन्! पुरुषका एक ही शत्रु है, उसके समान दूसरा कोई शत्रु नहीं है। वह है अज्ञान; जिससे आवृत और प्रेरित होकर मनुष्य अत्यन्त घोर [illegible]र क्रूरतापूर्ण कर्म करने लगता है ॥ २८ ॥

प्रबोधनार्थं श्रुतिधर्मयुक्तान्
वृद्धानुपास्य प्रभवेत यस्य।
प्रयत्नसाध्यो हि स राजपुत्र
प्रज्ञाशरेणोन्मथितः परैति ॥ २९ ॥

राजकुमार! उस शत्रुको पराजित करनेमें वही समर्थ हो सकता है, जो वेदोक्त धर्मसम्पन्न वृद्ध पुरुषोंकी सेवा करके प्रज्ञा (स्थिरबुद्धि) को प्राप्त कर लेता है, क्योंकि अज्ञानमय शत्रुको जीतना महान् प्रयत्नसाध्य कर्म है। वह प्रज्ञारूपी बाणकी चोट खाकर ही नष्ट होता है ॥ २९ ॥

अधीत्य वेदं तपसा ब्रह्मचारी
यज्ञाञ्शक्त्या संनिगृह्येह पञ्च।
वनं गच्छेत् पुरुषो धर्मकामः
श्रेयः स्थित्वा स्थापयित्वा स्ववंशम्॥२०॥

द्विजको पहले ब्रह्मचर्य-आश्रममें रहकर तपस्यापूर्वक वेदोंका अध्ययन करना चाहिये; फिर गृहस्थाश्रममें प्रवेश करके अपनी शक्तिके अनुसार इन्द्रियसंयमपूर्वक पञ्च महायज्ञोंका अनुष्ठान करना चाहिये। तत्पश्चात् अपने पुत्रको घर-बारकी रक्षामें नियुक्त करके कल्याणमार्गमें स्थित हो केवल धर्म-पालनकी इच्छा रखकर उसे वनको प्रस्थान करना चाहिये॥

उपभोगैरपि त्यक्तं नात्मानं सादयेन्नरः।
चण्डालत्वेऽपि मानुष्यं सर्वथा तात शोभनम्॥ २१॥

तात! उपभोगके साधनोंसे वञ्चित होनेपर भी मनुष्य अपने-आपको हीन न समझे। चाण्डालकी योनिमें भी यदि मनुष्य-जन्म प्राप्त हो तो वह मानवेतर प्राणियोंकी अपेक्षा सर्वथा उत्तम है॥ २१॥

इयं हि योनिः प्रथमा यां प्राप्य जगतीपते।
आत्मा वै शक्यते त्रातुं कर्मभिः शुभलक्षणैः॥ २२॥

क्योंकि पृथ्वीनाथ! मनुष्यकी योनि ही वह अद्वितीय योनि है, जिसे पाकर शुभकर्मोंके अनुष्ठानसे [illegible] उद्धार किया जा सकता है॥ २२॥

कथं न विप्रणश्येम योनितोऽस्या इति प्रभो।
कुर्वन्ति धर्मं मनुजाः श्रुतिप्रामाण्यदर्शनात्॥ २३॥

'प्रभो! हम कौन ऐसा उपाय करें, जिससे हमें इस मनुष्य-योनिसे नीचे न गिरना पड़े' [illegible] सोचकर और वैदिक प्रमाणोंपर विचार करके मनुष्य धर्मका अनुष्ठान करते हैं॥

यो दुर्लभतरं प्राप्य मानुष्यं द्विषते नरः।
धर्मावमन्ता कामात्मा भवेत्स खलु वञ्च्यते॥ २४॥

जो मानव अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य-शरीरको पाकर भी दूसरोंसे द्वेष करता है और धर्मका अनादर करता है तथा मनसे कामनाओंमें आसक्त हो जाता है, वह महान् लाभसे वञ्चित होता है॥ २४॥

यस्तु प्रीतिपुरोगेण चक्षुषा तात पश्यति।
दीपोपमानि भूतानि यावदर्थान्न पश्यति॥ २५॥

तात! जो समस्त प्राणियोंको दीपकके समान स्नेहसे संवर्धन करनेयोग्य मानता है और उन्हें स्नेहभरी दृष्टिसे देखता है एवं जो समस्त विषयोंकी ओर कभी दृष्टिपात नहीं करता, [illegible] परलोकमें सम्मानित होता है॥ २५॥

सान्त्वेनान्नप्रदानेन प्रियवादेन चाप्युत।
समदुःखसुखो भूत्वा स परत्र महीयते॥ २६॥

जो [illegible] लोगोंको सान्त्वना प्रदान करता, भूखोंको भोजन देता और प्रिय वचन बोलकर सबका सत्कार करता है, वह सुख-दुःखमें सम रहकर (इहलोक और) परलोकमें प्रतिष्ठित होता है॥ २६॥

दानं त्यागः शोभना मूर्तिरद्भ्यो
भूतप्लाव्यं तपसा वै शरीरम्।
सरस्वतीनैमिषपुष्करेषु
ये चाप्यन्ये पुण्यदेशाः पृथिव्याम्॥ २७॥

राजन्! सरस्वती नदी, नैमिषारण्यक्षेत्र, पुष्करतीर्थ तथा और भी जो पृथ्वीके पावन तीर्थ हैं, उनमें जाकर दान देना, भोगोंका त्याग करना, शान्तभावसे रहना तथा तपस्या और तीर्थके जलसे तन-मनको पवित्र करना चाहिये॥ २७॥

गृहेषु येषामसवः पतन्ति
तेषामथो निर्हरणं प्रशस्तम्।
यानेन वै प्रापणं च श्मशाने
शौचेन नूनं विधिना चैव दाहः॥ २८॥

घरोंमें जिनके प्राण निकल रहे हों, उन्हें शीघ्र ही घरसे बाहर ले जाना उत्तम है। मृत्युके पश्चात् उन्हें विमानपर सुलाकर श्मशानमें पहुँचाना तथा पवित्रतापूर्वक शास्त्रोक्त विधिसे उनका दाह-संस्कार करना आवश्यक कर्तव्य है॥२८॥

इष्टिः पुष्टिर्यजनं याजनं [illegible]
दानं पुण्यानां कर्मणां च प्रयोगः।
शक्त्या पित्र्यं यच्च किंचित् प्रशस्तं
सर्वाण्यात्मार्थे मानवोऽयं करोति॥२९॥

मनुष्य अपनी शक्तिके अनुसार इष्टि-पुष्टि (शान्तिकर्म), यजन, याजन, दान, पुण्यकर्मोंका अनुष्ठान तथा श्राद्ध आदि जो भी कुछ उत्तम कार्य करता है, [illegible] अपने ही लिये करता है॥ २९॥

धर्मशास्त्राणि वेदाश्च षडङ्गानि नराधिप।
श्रेयसोऽर्थे विधीयन्ते नरस्याक्लिष्टकर्मणः॥ ३०॥

नरेश्वर! धर्मशास्त्र और छहों अङ्गोंसहित वेद पुण्यकर्म करनेवाले पुरुषके कल्याणके लिये ही कर्तव्यका विधान करते हैं॥ ३०॥

भीष्म उवाच

एतद् वै सर्वमाख्यातं मुनिना सुमहात्मना।
विदेहराजाय पुरा श्रेयसोऽर्थे नराधिप॥ ३१॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! प्राचीनकालमें महात्मा पराशर मुनिने विदेहराज जनकके कल्याणके लिये यह सब उपदेश दिया था॥ ३१॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायां सप्तनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः॥ २९७॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ सत्तानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ २९७॥

अष्टनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

पराशरगीताका उपसंहार—राजा जनकके विविध प्रश्नोंका उत्तर

भीष्म उवाच

पुनरेव तु पप्रच्छ जनको मिथिलाधिपः।
पराशरं महात्मानं धर्मे परमनिश्चयम् ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! तदनन्तर मिथिलानरेश जनकने उन धर्मके विषयमें [illegible] निश्चय रखनेवाले महात्मा पराशर मुनिसे इस प्रकार पूछा ॥ १ ॥

जनक उवाच

किं श्रेयः का गतिर्ब्रह्मन् किं कृतं न विनश्यति।
[illegible] गतो न निवर्तेत तन्मे ब्रूहि महामते ॥ २ ॥

जनक बोले—ब्रह्मन्! श्रेयका साधन क्या है? [illegible] गति कौन-सी है? कौन-सा कर्म नष्ट नहीं होता तथा कहाँ गया हुआ जीव फिर इस संसारमें नहीं लौटता है? महामते! मेरे इन प्रश्नोंका समाधान कीजिये ॥ २ ॥

पराशर उवाच

असङ्गः श्रेयसो मूलं ज्ञानं चैव परा गतिः।
चीर्णं तपो न प्रणश्येद्वापः क्षेत्रे न नश्यति ॥ ३ ॥

पराशरजीने कहा—राजन्! आसक्तिका अभाव ही श्रेयका मूल कारण है। ज्ञान ही सबसे [illegible] गति है। स्वयं किया हुआ तप तथा सुपात्रको दिया हुआ दान—ये कभी नष्ट नहीं होते ॥ ३ ॥

छित्त्वाधर्ममयं पाशं यदा धर्मेऽभिरज्यते।
दत्त्वाभयकृतं दानं [illegible] सिद्धिमवाप्नुते ॥ [illegible] ॥

जो मनुष्य [illegible] अधर्ममय बन्धनका उच्छेद करके धर्ममें अनुरक्त हो [illegible] और सम्पूर्ण प्राणियोंको अभयदान [illegible] देता है, उसे उसी समय [illegible] सिद्धि प्राप्त होती है ॥ ४ ॥

यो ददाति सहस्राणि गवामश्वशतानि च।
अभयं सर्वभूतेभ्यः सदा तमभिवर्तते ॥ ५ ॥

जो एक हजार गौ तथा एक सौ घोड़े दान करता है तथा दूसरा जो सम्पूर्ण भूतोंको अभयदान देता है, वह सदा गौ और अश्वदान करनेवालेसे बढ़ा-चढ़ा रहता है ॥ ५ ॥

वसन् विषयमध्येऽपि न वसत्येव बुद्धिमान्।
संवसत्येव दुर्बुद्धिरसत्सु विषयेष्वपि ॥ ६ ॥

बुद्धिमान् पुरुष विषयोंके बीचमें रहता हुआ भी (असङ्ग होनेके कारण) उनमें नहीं रहनेके बराबर ही है; किंतु जिसकी बुद्धि दूषित होती है, वह विषयोंके निकट न होनेपर भी [illegible] उन्हींमें रहता है ॥ ६ ॥

नाधर्मः श्लिष्यते प्राज्ञं पयः पुष्करपर्णवत्।
अप्राज्ञमधिकं पापं श्लिष्यते जतुकाष्ठवत् ॥ ७ ॥

जैसे पानी कमलके पत्तेको लिपायमान नहीं कर सकता, उसी प्रकार ज्ञानी पुरुषोंको अधर्म लिप्त नहीं कर सकता; परंतु जैसे लाह काठमें चिपक जाती है, उसी प्रकार पाप अज्ञानी मनुष्यमें अधिक लिप्त हो जाता है ॥ ७ ॥

नाधर्मः कारणापेक्षी कर्तारमभिमुञ्चति।
कर्ता खलु यथाकालं ततः समभिपद्यते ॥ ८ ॥

अधर्म [illegible] प्रदानके अवसरकी प्रतीक्षा करनेवाला है, [illegible] कर्ताका पीछा नहीं छोड़ता। समय आनेपर उस कर्ताको [illegible] पापका फल अवश्य भोगना पड़ता है ॥ ८ ॥

न भिद्यन्ते कृतात्मान आत्मप्रत्ययदर्शिनः।
बुद्धिकर्मेन्द्रियाणां हि प्रमत्तो यो न बुद्ध्यते।
शुभाशुभे प्रसक्तात्मा प्राप्नोति सुमहद् भयम् ॥ ९ ॥

पवित्र अन्तःकरणवाले आत्मज्ञानी पुरुष कर्मोंके शुभाशुभ फलोंसे कभी विचलित नहीं होते हैं। जो प्रमादवश ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियोंद्वारा होनेवाले पापोंपर विचार नहीं [illegible] तथा शुभ एवं अशुभमें [illegible] रहता है, उसे महान् भयकी प्राप्ति होती है ॥ ९ ॥

वीतरागो जितक्रोधः सम्यग् भवति यः सदा।
विषये वर्तमानोऽपि न स पापेन युज्यते ॥ १० ॥

परंतु जो वीतराग होकर क्रोधको जीत लेता और नित्य सदाचारका [illegible] है, वह विषयोंमें वर्तमान रहकर भी पापकर्मसे सम्बन्ध नहीं जोड़ता है ॥ १० ॥

मर्यादायां धर्मसेतुर्निबद्धो नैव सीदति।
पुष्टस्रोत इवासक्तः स्फीतो भवति संचयः ॥ ११ ॥

जैसे नदीमें बँधा हुआ मजबूत बाँध टूटता नहीं है और उसके कारण वहाँ जलका स्रोत बढ़ता [illegible] है, उसी प्रकार प्राचीन मर्यादापर बँधा हुआ धर्मरूपी बाँध नष्ट नहीं होता है तथा उससे आसक्तिरहित सञ्चित तपकी वृद्धि होने लगती है ॥ ११ ॥

[illegible] भानुगतं तेजो मणिः शुद्धः समाधिना।
आदत्ते राजशार्दूल तथा योगः प्रवर्तते ॥ १२ ॥

नृपश्रेष्ठ! जिस प्रकार [illegible] सूर्यकान्तमणि सूर्यके तेजको [illegible] लेती है, उसी प्रकार योगका साधक समाधिके द्वारा ब्रह्मके स्वरूपको ग्रहण [illegible] है ॥ १२ ॥

यथा तिलानामिह पुष्पसंश्रयात्
पृथक्पृथग्याति गुणोऽतिसौम्यताम्।
[illegible] नराणां भुवि भावितात्मनां
यथाऽऽश्रयं सत्त्वगुणः प्रवर्तते ॥ १३ ॥

जैसे तिलका तेल भिन्न-भिन्न प्रकारके सुगन्धित पुष्पोंसे वासित होकर अत्यन्त मनोरम गन्ध ग्रहण करता है, वैसे ही पृथ्वीपर शुद्धचित्त पुरुषोंका स्वभाव सत्पुरुषोंके सङ्गके अनु[illegible] सत्त्वगुणसम्पन्न हो जाता है ॥ १३ ॥

जहाति दारांश्च जहाति सम्पदः
पदं च यानं विविधाश्च याः क्रियाः।
त्रिविष्टपे जातमतिर्यदा नर-
स्तदास्य बुद्धिर्विषयेषु भिद्यते ॥ १४ ॥

जिस समय मनुष्य सर्वोत्तम पद पानेके लिये उत्सुक हो जाता है, उस समय उसकी बुद्धि विषयोंसे विलग हो जाती है तथा वह स्त्री, सम्पत्ति, पद, वाहन और नाना प्रकारकी जो क्रियाएँ हैं, उनका भी परित्याग कर देता है ॥ १४ ॥

प्रसक्तबुद्धिर्विषयेषु यो नरो
न बुध्यते ह्यात्महितं कथंचन ।
स सर्वभावानुगतेन चेतसा
नृपामिषेणेव झषो विकृष्यते ॥ १५ ॥

परंतु जिसकी बुद्धि विषयोंमें आसक्त हो जाती है, वह मनुष्य किसी तरह अपने हितकी बात नहीं समझता। राजन्! जैसे मछली काँटेमें गुँथे हुए मांसपर आकृष्ट होती है और दुःख पाती है, उसी तरह वह सब प्रकारकी वासनाओंसे वासित चित्तके द्वारा विषयोंकी ओर आकृष्ट होता है और दुःख भोगता है ॥ १५ ॥

संघातवन्मर्त्यलोकः परस्परमपाश्रितः।
कदलीगर्भनिःसारो नौरिवाप्सु निमज्जति ॥ १६ ॥

जैसे शरीरके अङ्ग-प्रत्यङ्ग एक-दूसरेके आश्रित हैं, उसी प्रकार यह मर्त्यलोक—स्त्री-पुत्र और पशु आदिका समुदाय आपसमें एक-दूसरेपर अवलम्बित है। यह संसार केलेके भीतरी भागके समान निस्सार है। जैसे नौका पानीमें डूब जाती है, उसी प्रकार यह सब कुछ कालके प्रवाहमें निमग्न हो जाता है ॥ १६ ॥

न धर्मकालः पुरुषस्य निश्चितो
न चापि मृत्युः पुरुषं प्रतीक्षते ।
सदा हि धर्मस्य क्रियैव शोभना
यदा नरो मृत्युमुखेऽभिवर्तते ॥ १७ ॥

पुरुषके लिये धर्म करनेका कोई विशेष समय निश्चित नहीं है; क्योंकि मृत्यु किसीकी बाट नहीं जोहती। जब मनुष्य सदा मौतके मुखमें ही है, तब नित्य-निरन्तर धर्मका आचरण करते रहना ही उसके लिये शोभाकी बात है ॥ १७ ॥

यथान्धः स्वगृहे युक्तो ह्यभ्यासादेव गच्छति।
तथा युक्तेन मनसा प्राज्ञो गच्छति तां गतिम् ॥ १८ ॥

जैसे अन्धा प्रतिदिनके अभ्याससे ही सावधानीके साथ बाहरसे अपने घरमें आ जाता है, उसी प्रकार विवेकी मनुष्य योगयुक्त चित्तके द्वारा उस परम गतिको प्राप्त कर लेता है ॥ १८ ॥

मरणं जन्मनि प्रोक्तं जन्म वै मरणाश्रितम्।
अविद्वान् मोक्षधर्मेषु बद्धो भ्रमति चक्रवत्।
बुद्धिमार्गप्रयातस्य सुखं त्विह परत्र च ॥ १९ ॥

जन्ममें मृत्युकी स्थिति बतायी गयी है और मृत्युमें जन्म निहित है। जो मोक्ष-धर्मको नहीं जानता, वह अज्ञानी मनुष्य संसारमें आबद्ध होकर जन्म-मृत्युके चक्रमें घूमता रहता है; किंतु ज्ञानमार्गसे चलनेवालेको इहलोक और परलोकमें भी सुख मिलता है ॥ १९ ॥

विस्तराः क्लेशसंयुक्ताः संक्षेपास्तु सुखावहाः।
परार्थं विस्तराः सर्वे त्यागमात्महितं विदुः ॥ २० ॥

कर्मोंका विस्तार क्लेशयुक्त होता है और संक्षेप सुखदायक है। सभी कर्म-विस्तार परार्थ हैं अर्थात् मन और इन्द्रियोंकी तृप्तिके लिये हैं; परंतु त्याग अपने लिये हितकर माना गया है ॥ २० ॥

यथा मृणालानुगतमाशु मुञ्चति कर्दमम्।
तथाऽऽत्मा पुरुषस्येह मनसा परिमुच्यते ॥ २१ ॥

जैसे (पानीसे निकालते समय) कमलकी नालमें लगी हुई कीचड़ पानीसे तुरंत धुल जाती है, उसी प्रकार त्यागी पुरुषका आत्मा मनके द्वारा संसारबन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥ २१ ॥

मनः प्रणयतेऽऽत्मानं स एनमभियुञ्जति।
युक्तो यदा स भवति तदा तं पश्यते परम् ॥ २२ ॥

मन आत्माको योगकी ओर ले जाता है। योगी इस मनको योगयुक्त (आत्मामें लीन) करता है। इस प्रकार जब वह योगमें सिद्धि प्राप्त कर लेता है, तब वह उस परमात्माका साक्षात्कार कर लेता है ॥ २२ ॥

परार्थे वर्तमानस्तु स्वं कार्यं योऽभिमन्यते।
इन्द्रियार्थेषु संयुक्तः स्वकार्यात् परिमुच्यते ॥ २३ ॥

जो परके लिये अर्थात् इन बाह्य इन्द्रियोंकी तृप्तिके लिये विषयभोगोंमें प्रवृत्त होकर इसे अपना मुख्य कार्य समझता है, वह अपने वास्तविक कर्तव्यसे च्युत हो जाता है ॥ २३ ॥

अधस्तिर्यग्गतिं चैव स्वर्गं चैव परां गतिम्।
प्राप्नोति स्वकृतैरात्मा प्राज्ञस्येहेतरस्य च ॥ २४ ॥

इहलोकमें बुद्धिमान् हो या मूढ़, उसका आत्मा अपने किये हुए कर्मोंके अनुसार ही नरकको, पशु पक्षी आदि योनियोंको, स्वर्गको और परम गतिको प्राप्त होता है ॥ २४ ॥

मृण्मये भाजने पक्वे यथा वै न्यस्यति द्रवः।
तथा शरीरं तपसा तप्तं विषयमश्नुते ॥ २५ ॥

जैसे पके हुए मिट्टीके बर्तनमें रक्खा हुआ जल आदि तरल पदार्थ न तो चूता है और न नष्ट ही होता है, उसी प्रकार तपस्यासे तपा हुआ सूक्ष्म शरीर ब्रह्मलोकतकके विषयोंका अनुभव करता है ॥ २५ ॥

विषयानश्नुते यस्तु न स भोक्ष्यत्यसंशयम् ।
यस्तु भोगांस्त्यजेदात्मा स वै भोक्तुं व्यवस्यति॥ २६ ॥

जो मनुष्य शब्द, स्पर्श आदि विषयोंका उपभोग करता है, वह निश्चय ही ब्रह्मानन्दके अनुभवसे वञ्चित रह जायगा, परंतु जो विषयोंका परित्याग करता है, वह अवश्य ही ब्रह्मानन्दके अनुभवमें समर्थ हो सकता है ॥ २६ ॥

नीहारेण हि संवीतः शिश्नोदरपरायणः ।
जात्यन्ध इव पन्थानमावृतात्मा न बुद्ध्यते ॥ २७ ॥

जैसे जन्मका अंधा रास्तेको नहीं देख पाता, वैसे ही शिश्नोदरपरायण एवं अज्ञानसे आवृत जीव मायारूप कुहासासे आच्छादित होनेके कारण मोक्षमार्गको नहीं जान पाता है ॥ २७ ॥

वणिग् यथा समुद्राद् वै यथार्थं लभते धनम् ।
तथा मर्त्यार्णवे जन्तोः कर्मविज्ञानतो गतिः ॥ २८ ॥

जैसे वैश्य समुद्रमार्गसे व्यापार करने जाकर अपने मूलधनके अनुसार द्रव्य कमाकर लाता है, उसी प्रकार संसारसागरमें व्यापार करनेवाला जीव अपने कर्म एवं विज्ञानके अनुरूप गति पाता है ॥ २८ ॥

अहोरात्रमये लोके जरारूपेण संचरन् ।
मृत्युर्ग्रसति भूतानि पवनं पन्नगो यथा ॥ २९ ॥

दिन और रात्रिमय संसारमें बुढ़ापाका रूप धारण करके घूमती हुई मृत्यु समस्त प्राणियोंको उसी प्रकार खाती रहती है, जैसे सर्प हवा पीया करता है ॥ २९ ॥

स्वयंकृतानि कर्माणि जातो जन्तुः प्रपद्यते ।
नाकृत्वा लभते कश्चित् किंचिदत्र प्रियाप्रियम् ॥ ३० ॥

जीव जगत्‌में जन्म लेकर अपने पूर्वकृत कर्मोंका ही फल भोगता है; पूर्वजन्ममें कुछ किये बिना यहाँ कोई भी किसी इष्ट या अनिष्ट फलको नहीं पाता है ॥ ३० ॥

शयानं यान्तमासीनं प्रवृत्तं विषयेषु च ।
शुभाशुभानि कर्माणि प्रपद्यन्ते नरं सदा ॥ ३१ ॥

मनुष्य सोता हो, बैठा हो, चलता हो या विषयभोगमें लगा हो, उसके शुभाशुभ कर्म सदा उसे प्राप्त होते रहते हैं ॥

न ह्यन्यत् तीरमासाद्य पुनस्तर्तुं व्यवस्यति ।
दुर्लभो दृश्यते ह्यस्य विनिपातो महार्णवे ॥ ३२ ॥

जैसे समुद्रके परलेपार पहुँचकर पुनः कोई उसमें तैरनेका विचार नहीं करता, उसी प्रकार संसार-सागरसे पार हुए मनुष्यका फिर उसमें पड़ना अर्थात् वापस आना दुर्लभ दिखायी देता है ॥ ३२ ॥

यथा भावावसन्ना हि नौर्महाम्भसि तन्तुना ।
तथा मनोभियोगाद् वै शरीरं प्रचिकीर्षति ॥ ३३ ॥

जैसे गम्भीर जलमें डूबी हुई नौका नाविकद्वारा रस्सीसे खींची जानेपर उसके मनोभावके अधीन होकर चलती है, उसी प्रकार जीव इस शरीररूपी नौकाको अपने मनके अभिप्रायानुसार चलाना चाहता है ॥ ३३ ॥

यथा समुद्रमभितः संश्रिताः सरितोऽपराः ।
तथाद्या प्रकृतिर्योगादभिसंश्रियते सदा ॥ ३४ ॥

जैसे बहुत-सी नदियाँ सब ओरसे आकर समुद्रमें मिल जाती हैं, उसी प्रकार योगसे वशमें किया हुआ मन सदाके लिये मूल प्रकृतिमें लीन हो जाता है ॥ ३४ ॥

स्नेहपाशैर्बहुविधैरासक्तमनसो नराः ।
प्रकृतिस्था विषीदन्ति जले सैकतवेश्मवत् ॥ ३५ ॥

जिनका मन नाना प्रकारके स्नेह-बन्धनोंमें जकड़ा हुआ है, वे प्रकृतिमें स्थित हुए जीव जलमें ढह जानेवाले बालूके मकानकी भाँति महान् दुःखसे आतुर हो जाते हैं ॥ ३५ ॥

शरीरगृहसंस्थस्य शौचतीर्थस्य देहिनः ।
बुद्धिमार्गप्रयातस्य सुखं त्विह परत्र च ॥ ३६ ॥

शरीर ही जिसका घर है, जो बाहर-भीतरकी पवित्रताको ही तीर्थ मानता है तथा बुद्धिपूर्वक कल्याणके मार्गपर चलता है, उस देहधारी जीवको इहलोक और परलोकमें भी सुख मिलता है ॥ ३६ ॥

विस्तराः क्लेशसंयुक्ताः संक्षेपास्तु सुखावहाः ।
परार्थं विस्तराः सर्वे त्यागमात्महितं विदुः ॥ ३७ ॥

क्रियाओंका विस्तार क्लेशदायक होता है और संक्षेप सुखदायक है। सभी कर्मविस्तार परार्थरूप अर्थात् मन और इन्द्रियोंकी तृप्तिके लिये होते हैं, परंतु त्याग अपने लिये हितकर माना गया है ॥ ३७ ॥

संकल्पजो मित्रवर्गो ज्ञातयः कारणात्मकाः ।
भार्या पुत्रश्च दासश्च स्वमर्थमनुयुञ्जते ॥ ३८ ॥

कोई-न-कोई संकल्प (मनोरथ) लेकर ही लोग मित्र बनते हैं, कुटुम्बी जन भी किसी हेतुसे ही नाता रखते हैं, पत्नी, पुत्र और सेवक सभी अपने-अपने स्वार्थका ही अनुसरण करते हैं ॥ ३८ ॥

न माता न पिता किंचित् कस्यचित् प्रतिपद्यते ।
दानपथ्यौदनो जन्तुः स्वकर्मफलमश्नुते ॥ ३९ ॥

माता और पिता भी परलोक-साधनमें किसीकी कुछ सहायता नहीं कर सकते । परलोकके पथमें तो अपना किया हुआ दान अर्थात् त्याग ही राहखर्चका काम देता है। प्रत्येक जीव अपने कर्मका ही फल भोगता है ॥ ३९ ॥

माता पुत्रः पिता भ्राता भार्या मित्रजनस्तथा ।
अष्टापदपदस्थाने लक्षमुद्रेव लक्ष्यते ॥ ४० ॥

माता, पिता, पुत्र, भ्राता, भार्या और मित्रगण—ये सब सुवर्णके सिक्कोंके स्थानपर रखी हुई लाखकी मुद्राके समान देखे जाते हैं ॥ ४० ॥

सर्वाणि कर्माणि पुरा कृतानि
शुभाशुभान्यात्मनो यान्ति जन्तोः ।

उपस्थितं कर्मफलं विदित्वा
बुद्धिं तथा चोदयतेऽन्तरात्मा ॥ ४१ ॥

पूर्वजन्मके किये हुए सम्पूर्ण शुभाशुभ कर्म जीवका अनुसरण करते हैं। इस प्रकार प्राप्त हुई परिस्थितिको अपने कर्मोंका फल जानकर जिसका मन अन्तर्मुख हो गया है, वह अपनी बुद्धिको वैसी शुभ प्रेरणा देता है जिससे भविष्य-मे दुःख न भोगना पड़े ॥ ४१ ॥

व्यवसायं समाश्रित्य सहायान् योऽधिगच्छति।
न तस्य कश्चिदारम्भः कदाचिदवसीदति ॥ ४२ ॥

जो दृढ निश्चय एवं पूर्ण उद्योगका सहारा ले तदनुकूल सहायकोंका संग्रह करता है, उसका कोई भी कार्य कभी भी व्यर्थ नहीं होता ॥ ४२ ॥

अद्वैधमनसं युक्तं शूरं धीरं विपश्चितम्।
न श्रीः संत्यजते नित्यमादित्यमिव रश्मयः ॥ ४३ ॥

जिसके मनमे दुविधा नहीं होती, जो उद्योगी, शूरवीर, धीर और विद्वान् होता है, उसे सम्पत्ति उसी तरह कभी नहीं छोड़ती, जैसे किरणे सूर्यको ॥ ४३ ॥

आस्तिक्यव्यवसायाभ्यामुपायाद् विस्मयाद् धिया।
समारभेदनिन्द्यात्मा न सोऽर्थः परिषीदति ॥ ४४ ॥

जिसका हृदय उदार एवं प्रशस्त है, जो आस्तिक भाव, निश्चय एवं आवश्यक उपायसे गर्वहीनताके साथ उत्तम बुद्धिपूर्वक कार्य आरम्भ करता है, उसका वह कार्य कभी असफल नहीं होता है ॥ ४४ ॥

सर्वः स्वानि शुभाशुभानि नियतं कर्माणि जन्तुः स्वयं
गर्भात् सम्प्रतिपद्यते तदुभयं यत् तेन पूर्वं कृतम्।
मृत्युश्चापरिहारवान् समगतिः कालेन विच्छेदिना
दारोश्चूर्णमिवाश्मसारविहितं कर्मान्तिकं प्रापयेत् ॥ ४५ ॥

सभी जीव, पूर्वजन्ममें उन्होंने जो कुछ किया है, उन अपने शुभाशुभ कर्मोंके नियत फलोको गर्भमें प्रवेश करनेके समयसे ही क्रमशः पाने और भोगने लगते हैं। जैसे वायु आरेसे चीरकर बनाये गये लकड़ीके चूरेको उड़ा देती है, उसी प्रकार कभी टाली न जा सकनेवाली मृत्यु विनाशकारी कालकी सहायतासे मनुष्यका अन्त कर देती है ॥ ४५ ॥

स्वरूपतामात्मकृतं च विस्तरं
कुलान्वयं द्रव्यसमृद्धिसंचयम्।
नरो हि सर्वो लभते यथाकृतं
शुभाशुभेनात्मकृतेन कर्मणा ॥ ४६ ॥

सब मनुष्य अपने किये हुए शुभाशुभ कर्मके अनुसार ही सुन्दर या असुन्दर रूप, अपनेसे होनेवाले योग्य-अयोग्य पुत्र-पौत्र आदिका विस्तार, उत्तम या अधम कुलमें जन्म तथा द्रव्य-समृद्धिका संचय आदि पाते हैं ॥ ४६ ॥

भीष्म उवाच

इत्युक्तो जनको राजन् याथातथ्यं मनीषिणा।
श्रुत्वा धर्मविदां श्रेष्ठः परां मुदमवाप ह ॥ ४७ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! ज्ञानी महात्मा पराशर मुनिके मुखसे इस यथार्थ उपदेशको सुनकर धर्मज्ञोंमें श्रेष्ठ राजा जनक बहुत प्रसन्न हुए ॥ ४७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पराशरगीतायामष्टनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २९८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पराशरगीताविषयक दो सौ अट्ठानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २९८ ॥

नवनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः

हंसगीता—हंसरूपधारी ब्रह्माका साध्यगणोंको उपदेश

युधिष्ठिर उवाच

सत्यं दमं क्षमां प्रज्ञां प्रशंसन्ति पितामह।
विद्वांसो मनुजा लोके कथमेतन्मतं तव ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! संसारमें बहुत-से विद्वान् सत्य, इन्द्रिय-संयम, क्षमा और प्रज्ञा (उत्तम बुद्धि) की प्रशंसा करते हैं। इस विषयमे आपका कैसा मत है ? ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

[illegible] ते वर्तयिष्येऽहमितिहासं पुरातनम्।
साध्यानामिह संवादं हंसस्य च युधिष्ठिर ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! इस विषयमे साध्यगणों-[illegible] हंसके साथ जो संवाद हुआ था, वही प्राचीन इतिहास मैं तुम्हें सुना रहा हूँ ॥ २ ॥

हंसो भूत्वाथ सौवर्णस्त्वजो नित्यः प्रजापतिः।
[illegible] वै पर्येति लोकांस्त्रीनथ साध्यानुपागमत् ॥ ३ ॥

एक समय नित्य अजन्मा प्रजापति सुवर्णमय हंसका रूप धारण करके तीनो लोकोंमें विचर रहे थे। घूमते घामते वे साध्यगणोंके [illegible] जा पहुँचे ॥ ३ ॥

साध्या ऊचुः

शकुने वयं [illegible] देवा वै साध्यास्त्वामनुयुङ्क्ष्महे।
पृच्छामस्त्वां मोक्षधर्मं भवांश्च किल मोक्षवित् ॥ ४ ॥

उस समय साध्योंने कहा—हंस! हमलोग साध्य देवता हैं और आपने मोक्षधर्मके विषयमें प्रश्न करना चाहते हैं; क्योंकि आप मोक्ष-तत्त्वके ज्ञाता हैं, यह बात सर्वत्र प्रसिद्ध है ॥ ४ ॥

साध्यगणोंको हंसरूपमें ब्रह्माजीका उपदेश

श्रुतोऽसि नः पण्डितो धीरवादी
साधुशब्दश्चरते ते पतत्रिन्।
किं मन्यसे श्रेष्ठतमं द्विज त्वं
कस्मिन् मनस्ते रमते महात्मन् ॥ ५ ॥

महात्मन्! हमने सुना है कि आप पण्डित और धीर [illegible] हैं। पतत्रिन्! आपकी उत्तम वाणीका सर्वत्र प्रचार है। पक्षि-प्रवर! आपके मतमें सर्वश्रेष्ठ वस्तु क्या है? आपका मन किसमें रमता है? ॥ ५ ॥

तन्नः कार्यं पक्षिवर प्रशाधि
यत् कार्याणां मन्यसे श्रेष्ठमेकम्।
यत् [illegible] पुरुषः सर्वबन्धै-
र्विमुच्यते विहगेन्द्रेह शीघ्रम् ॥ ६ ॥

पक्षिराज! खगश्रेष्ठ! समस्त कार्योंमेंसे जिस एक कार्यको आप सबसे उत्तम समझते हों तथा जिसके करनेसे जीवको सब प्रकारके बन्धनोंसे शीघ्र छुटकारा मिल सके, उसीका हमें उपदेश कीजिये ॥ ६ ॥

हंस उवाच

इदं कार्यममृताशाः शृणोमि
तपो दमः सत्यमात्माभिगुप्तिः।
ग्रन्थीन् विमुच्य हृदयस्य सर्वान्
प्रियाप्रिये स्वं वशमानयीत ॥ ७ ॥

हंसने कहा—अमृतभोजी देवताओ! मैं तो सुनता हूँ कि तप, इन्द्रियसंयम, सत्यभाषण और मनोनिग्रह आदि कार्य ही सबसे उत्तम हैं। हृदयकी सारी गाँठें खोलकर प्रिय और अप्रियको अपने वशमें करे अर्थात् उनके लिये हर्ष एवं विषाद न करे ॥ ७ ॥

नारुन्तुदः [illegible] नृशंसवादी
न हीनतः परमभ्याददीत।
[illegible] वाचा पर उद्विजेत
न तां वदेद् रुशतीं पापलोक्याम् ॥ ८ ॥

किसीके मर्ममें आघात न पहुँचाये। दूसरोंसे निष्ठुर वचन न बोले। किसी नीच मनुष्यसे अध्यात्मशास्त्रका उप-देश न ग्रहण करे तथा जिसे सुनकर दूसरोंको उद्वेग हो, ऐसी नरकमें डालनेवाली अमङ्गलमयी बात भी मुँहसे न निकाले ॥ ८ ॥

वाक्सायका वदनान्निष्पतन्ति
यैराहतः शोचति रात्र्यहानि।
परस्य नामर्मसु ते पतन्ति
तान् पण्डितो नावसृजेत् परेषु ॥ ९ ॥

वचनरूपी बाण जब मुँहसे निकल पड़ते हैं, तब उनके द्वारा बींधा गया मनुष्य रात-दिन शोकमें डूबा रहता है, क्योंकि वे दूसरोंके मर्मपर आघात पहुँचाते हैं, इसलिये विद्वान् पुरुषको किसी दूसरे मनुष्यपर वाग्बाणका प्रयोग नहीं करना चाहिये ॥ ९ ॥

परश्चेदेनमतिवादबाणै-
र्भृशं विध्येच्छम एवेह कार्यः।
संरोष्यमाणः प्रतिहृष्यते यः
स आदत्ते सुकृतं वै परस्य ॥ १० ॥

दूसरा कोई भी यदि इस विद्वान् पुरुषको कटुवचनरूपी बाणोंसे बहुत अधिक चोट पहुँचाये तो भी उसे [illegible] ही रहना चाहिये। जो दूसरोंके क्रोध करनेपर भी स्वयं बदलेमें प्रसन्न ही रहता है, वह उसके पुण्यको ग्रहण कर लेता है ॥ १० ॥

क्षेपायमाणमभिषङ्गव्यलीकं
निगृह्णाति ज्वलितं यश्च मन्युम्।
अदुष्टचेता मुदितोऽनसूयुः
स आदत्ते सुकृतं वै परेषाम् ॥ ११ ॥

जो जगत्में निन्दा करानेवाले और आवेशमें डालनेके कारण अप्रिय प्रतीत होनेवाले प्रज्वलित क्रोधको रोक लेता है, जिसमें कोई विकार या दोष नहीं आने देता, प्रसन्न रहता और दूसरोंके दोष नहीं देखता है, वह पुरुष अपने प्रति शत्रुभाव रखनेवाले लोगोंके पुण्य ले लेता है ॥ ११ ॥

आक्रुश्यमानो न वदामि किंचित्
क्षमाम्यहं ताड्यमानश्च नित्यम्।
श्रेष्ठं ह्येतद् यत्क्षमामाहुरार्याः
सत्यं तथैवार्जवमानृशंस्यम् ॥ १२ ॥

मुझे कोई गाली दे तो भी बदलेमें कुछ नहीं कहता हूँ। कोई मार दे तो उसे सदा क्षमा ही करता हूँ; क्योंकि श्रेष्ठ जन क्षमा, सत्य, सरलता और दयाको ही उत्तम बताते हैं ॥

वेदस्योपनिषत् सत्यं सत्यस्योपनिषद् दमः।
दमस्योपनिषन्मोक्ष एतत् सर्वानुशासनम् ॥ १३ ॥

वेदाध्ययनका सार है सत्यभाषण, सत्यभाषणका सार है इन्द्रियसंयम और इन्द्रियसंयमका फल है मोक्ष। यही सम्पूर्ण शास्त्रोंका उपदेश है ॥ १३ ॥

वाचो वेगं [illegible] क्रोधवेगं
विधित्सावेगमुदरोपस्थवेगम्।
एतान् वेगान् यो विषहेदुदीर्णां-
स्तं मन्येऽहं ब्राह्मणं वै मुनिं च ॥ १४ ॥

जो वाणीका वेग, मन और क्रोधका वेग, तृष्णाका वेग तथा पेट और जननेन्द्रियका वेग—इन स[illegible] प्रचण्ड वेगोंको सह लेता है, उसीको मैं ब्रह्मवेत्ता और मुनि मानता हूँ ॥ १४ ॥

अक्रोधनः क्रुध्यतां वै विशिष्ट-
स्तथा तितिक्षुरतितिक्षोर्विशिष्टः।

अमानुषान्मानुषो वै विशिष्ट-
स्तथाज्ञानाज्ज्ञानविद् वै विशिष्टः ॥ १५ ॥

क्रोधी मनुष्योंसे क्रोध न करनेवाला मनुष्य श्रेष्ठ है। असहनशीलसे सहनशील पुरुष बड़ा है। मनुष्येतर प्राणियोंसे मनुष्य ही बढ़कर है तथा अज्ञानीसे ज्ञानवान् ही श्रेष्ठ है॥ १५॥

आक्रुश्यमानो नाक्रुश्येन्मन्युरेनं तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति ॥ १६ ॥

जो दूसरेके द्वारा गाली दी जानेपर भी बदलेमें उसे गाली नहीं देता, उस क्षमाशील मनुष्यका दबा हुआ क्रोध ही उस गाली देनेवालेको भस्म कर देता है और उसके पुण्यको भी ले लेता है ॥ १६ ॥

यो नात्युक्तः प्राह रूक्षं प्रियं वा
यो [illegible] हतो न प्रतिहन्ति धैर्यात्।
पापं च यो नेच्छति तस्य हन्तु-
स्तस्येह देवाः स्पृहयन्ति नित्यम् ॥ १७॥

जो दूसरोंके द्वारा अपने लिये कड़वी [illegible] कही जानेपर भी उसके प्रति कठोर या प्रिय कुछ भी नहीं कहता [illegible] किसीके द्वारा चोट खाकर भी धैर्यके कारण बदलेमें न तो मारनेवालेको मारता है और न उसकी बुराई ही चाहता है, उस महात्मासे मिलनेके लिये देवता भी सदा लालायित रहते हैं ॥ १७ ॥

पापीयसः क्षमेतैव श्रेयसः [illegible] च।
विमानितो हतोत्क्रुष्ट एवं सिद्धिं गमिष्यति ॥ १८ ॥

पाप करनेवाला अपराधी अवस्थामें अपनेसे बड़ा हो [illegible] बराबर, उसके द्वारा अपमानित होकर, मार खाकर और गाली सुनकर भी उसे क्षमा ही कर देना चाहिये। ऐसा करनेवाला पुरुष परम सिद्धिको प्राप्त होगा ॥ १८ ॥

सदाहमार्यान्निभृतोऽप्युपासे
न [illegible] विधित्सोत्सहते न रोषः।
न चाप्यहं लिप्समानः परैमि
न चैव किंचिद् विषयेण यामि ॥ १९ ॥

यद्यपि मैं सब प्रकारसे परिपूर्ण हूँ (मुझे कुछ जानना या पाना शेष नहीं है) तो भी मैं श्रेष्ठ पुरुषोंकी उपासना (सत्सङ्ग) [illegible] रहता हूँ। मुझपर न तृष्णाका वश है न रोषका। मैं कुछ पानेके लोभसे धर्मका उल्लङ्घन नहीं करता और न विषयोंकी प्राप्तिके लिये ही कहीं आता-जाता हूँ ॥ १९ ॥

नाहं शप्तः प्रतिशपामि कंचिद्
दमं द्वारं ह्यमृतस्येह वेद्मि।
गुह्यं [illegible] तदिदं वो ब्रवीमि
न मानुषाच्छ्रेष्ठतरं हि किंचित् ॥ २० ॥

कोई मुझे शाप दे दे तो भी मैं बदलेमें उसे शाप नहीं देता। इन्द्रियसंयमको ही मोक्षका द्वार मानता हूँ। इस समय तुमलोगोंको एक बहुत गुप्त बात बता रहा हूँ, सुनो। मनुष्ययोनिसे बढ़कर कोई उत्तम योनि नहीं है ॥ २० ॥

निर्मुच्यमानः पापेभ्यो घनेभ्य [illegible] चन्द्रमाः।
विरजाः कालमाकाङ्क्षन् धीरो धैर्येण सिद्ध्यति ॥ २१ ॥

जिस प्रकार चन्द्रमा बादलोंके ओटसे निकलनेपर अपनी प्रभासे प्रकाशित हो उठता है, उसी प्रकार पापोंसे मुक्त हुआ निर्मल अन्तःकरणवाला धीर पुरुष धैर्यपूर्वक कालकी प्रतीक्षा करता हुआ सिद्धिको प्राप्त हो जाता है ॥ २१ ॥

यः सर्वेषां भवति ह्यर्चनीय
उत्सेधनस्तम्भ इवाभिजातः।
यस्मै वाचं सुप्रसन्नां वदन्ति
स वै देवान् गच्छति संयतात्मा ॥ २२ ॥

जो अपने मनको वशमें रखनेवाला विद्वान् पुरुष ऊँचे उठानेवाले खम्भेकी भाँति उच्चकुलमें उत्पन्न हुआ सबके लिये आदरके योग्य हो जाता है तथा जिसके प्रति सब लोग प्रसन्नतापूर्वक मधुर वचन बोलते हैं, वह मनुष्य देवभावको [illegible] हो जाता है ॥ २२ ॥

न [illegible] वक्तुमिच्छन्ति कल्याणान् पुरुषे गुणान्।
यथैषां वक्तुमिच्छन्ति नैर्गुण्यमनुयुञ्जकाः ॥ २३ ॥

किसीसे ईर्ष्या रखनेवाले मनुष्य जिस तरह उसके दोषोंका वर्णन करना चाहते हैं, उस प्रकार उसके कल्याणमय गुणोंका बखान करना नहीं चाहते हैं ॥ २३ ॥

[illegible] वाङ्मनसी गुप्ते सम्यक् प्रणिहिते सदा।
वेदास्तपश्च त्यागश्च [illegible] इदं सर्वमाप्नुयात् ॥ २४ ॥

जिसकी वाणी और मन सुरक्षित होकर सदा सब प्रकारसे परमात्मामें लगे रहते हैं, वह वेदाध्ययन, तप और त्याग—इन सबके फलको पा लेता है ॥ २४ ॥

आक्रोशनविमानाभ्यां नाबुधान् बोधयेद् बुधः।
[illegible] वर्धयेदन्यं न चात्मानं विहिंसयेत् ॥ २५ ॥

अतः समझदार मनुष्यको चाहिये कि वह कटुवचन कहने या अपमान करनेवाले अज्ञानियोंको उनके उक्त दोष बताकर समझानेका प्रयत्न न करे। उसके सामने दूसरेको बढ़ावा न दे तथा उसपर आक्षेप करके उसके द्वारा अपनी हिंसा [illegible] कराये ॥ २५ ॥

अमृतस्येव संतृप्येदवमानस्य पण्डितः।
सुखं ह्यवमतः शेते योऽवमन्ता स नश्यति ॥ २६ ॥

विद्वान्को चाहिये कि वह अपमान पाकर अमृत पीनेकी भाँति संतुष्ट हो; क्योंकि अपमानित पुरुष तो सुखसे सोता है, किंतु अपमान करनेवालेका नाश हो जाता है ॥ २६ ॥

यत् क्रोधनो यजति यद् ददाति
यद् वा तपस्तप्यति यज्जुहोति ।
वैवस्वतस्तद्धरतेऽस्य सर्वं
मोघः श्रमो भवति हि क्रोधनस्य ॥ २७ ॥

क्रोधी मनुष्य जो यज्ञ करता है, दान देता है, तप करता है अथवा जो हवन करता है, उसके उन सब कर्मोंके फलको यमराज हर [illegible] हैं। क्रोध करनेवालेका वह किया हुआ सारा परिश्रम व्यर्थ [illegible] है ॥ २७ ॥

चत्वारि यस्य द्वाराणि सुगुप्तान्यमरोत्तमाः ।
उपस्थमुदरं हस्तौ वाक् चतुर्थी स धर्मवित् ॥ २८ ॥

देवेश्वरो ! जिस पुरुषके उपस्थ, उदर, दोनों हाथ और वाणी—ये चारों [illegible] सुरक्षित होते हैं, वही धर्मज्ञ है ॥ २८ ॥

सत्यं दमं ह्यार्जवमानृशंस्यं
धृतिं तितिक्षामतिसेवमानः ।
स्वाध्यायनित्योऽस्पृहयन् परेषा-
मेकान्तशील्यूर्ध्वगतिर्भवेत् [illegible] ॥ २९ ॥

जो [illegible], इन्द्रिय-संयम, सरलता, दया, धैर्य और क्षमा-का अधिक सेवन करता है, सदा स्वाध्यायमें लगा रहता है, दूसरेकी वस्तु नहीं लेना चाहता तथा एकान्तमें निवास करता है, [illegible] ऊर्ध्वगतिको प्राप्त होता है ॥ २९ ॥

सर्वांश्चैताननुचरन् वत्सवच्चतुरः स्तनान् ।
न पावनतमं किंचित् सत्यादध्यगमं क्वचित् ॥ ३० ॥

जैसे बछड़ा अपनी माताके चारों स्तनोंका पान करता है, उसी [illegible] मनुष्यको उपर्युक्त सभी सद्गुणोंका सेवन करना चाहिये। मैंने अबतक सत्यसे बढ़कर परम पावन वस्तु कहीं किसीको नहीं समझा है ॥ ३० ॥

आचक्षेऽहं मनुष्येभ्यो देवेभ्यः प्रतिसंचरन् ।
[illegible] स्वर्गस्य सोपानं पारावारस्य नौरिव ॥ ३१ ॥

मैं चारों ओर घूमकर मनुष्यों और देवताओंसे कहा करता [illegible] कि जैसे [illegible] समुद्रसे पार होनेका साधन है, उसी प्रकार सत्य ही स्वर्गलोकमें पहुँचनेकी सीढ़ी है ॥ ३१ ॥

यादृशैः संनिवसति यादृशांश्चोपसेवते ।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग् भवति पूरुषः ॥ ३२ ॥

पुरुष जैसे लोगोंके [illegible] रहता है, जैसे मनुष्योंका सेवन [illegible] है और जैसा होना चाहता है, वैसा ही होता है ॥ ३२ ॥

यदि सन्तं सेवति यद्यसन्तं
तपस्विनं यदि [illegible] स्तेनमेव ।
वासो यथा रंगवशं प्रयाति
तथा [illegible] तेषां वशमभ्युपैति ॥ ३३ ॥

जैसे वस्त्र जिस रंगमें रँगा जाय, वैसा ही हो जाता है, उसी प्रकार यदि कोई सज्जन, असज्जन, तपस्वी अथवा चोरका सेवन करता है तो वह उन्हीं-जैसा हो जाता है अर्थात् उसपर उन्हींका रंग [illegible] जाता है ॥ ३३ ॥

सदा देवाः साधुभिः संवदन्ते
न मानुषं विषयं यान्ति द्रष्टुम् ।
नेन्दुः समः स्यादसमो हि वायु-
रुच्चावचं विषयं यः स वेद ॥ ३४ ॥

देवतालोग सदा सत्पुरुषोंका सङ्ग—उन्हींके [illegible] वार्तालाप करते हैं; इसीलिये वे मनुष्योंके क्षणभङ्गुर भोगोंकी ओर देखने भी नहीं जाते। जो विभिन्न विषयोंके नश्वर स्वभावको ठीक-ठीक जानता है, उसकी समानता न चन्द्रमा [illegible] सकते हैं न वायु ॥ ३४ ॥

अदुष्टं वर्तमाने [illegible] हृदयान्तरपूरुषे ।
तेनैव देवाः प्रीयन्ते सतां मार्गस्थितेन वै ॥ ३५ ॥

हृदयगुफामें रहनेवाला अन्तर्यामी आत्मा जब दोषभावसे रहित हो जाता है, [illegible] अवस्थामें उसका साक्षात्कार करनेवाला पुरुष सन्मार्गगामी [illegible] जाता है। उसकी इस स्थितिसे ही देवता प्रसन्न होते हैं ॥ ३५ ॥

शिश्नोदरे ये निरताः सदैव
स्तेना नरा वाक्परुषाश्च नित्यम् ।
अपेतदोषानपि तान् विदित्वा
दूराद् देवाः सम्परिवर्जयन्ति ॥ ३६ ॥

किंतु जो सदा पेट पालने और उपस्थ-इन्द्रियोंके भोग भोगनेमें ही लगे रहते हैं [illegible] जो चोरी करने एवं सदा कठोर [illegible] बोलनेवाले हैं, वे यदि प्रायश्चित्त आदिके द्वारा [illegible] कर्मोंके दोषसे छूट जायँ तो भी देवतालोग उन्हें पहचानकर दूरसे ही त्याग देते हैं ॥ ३६ ॥

न [illegible] देवा हीनसत्त्वेन तोष्याः
सर्वाशिना दुष्कृतकर्मणा वा ।
[illegible] ये [illegible] नराः कृतज्ञा
धर्मे रतास्तैः [illegible] सम्भजन्ते ॥ ३७ ॥

सत्त्वगुणसे रहित और सब कुछ भक्षण करनेवाले पापाचारी मनुष्य देवताओंको संतुष्ट नहीं [illegible] सकते। जो मनुष्य नियमपूर्वक [illegible] बोलनेवाले, [illegible] और धर्मपरायण हैं, उन्हींके साथ देवता स्नेह सम्बन्ध स्थापित करते हैं ॥ ३७ ॥

अव्याहृतं व्याहृताच्छ्रेय आहुः
सत्यं वदेद् व्याहृतं तद् द्वितीयम् ।
वदेद् व्याहृतं तत् तृतीयं
प्रियं धर्मं वदेद् व्याहृतं तच्चतुर्थम् ॥ ३८ ॥

व्यर्थ बोलनेकी अपेक्षा मौन रहना अच्छा बताया गया है, (यह वाणीकी [illegible] विशेषता है) सत्य बोलना वाणीकी दूसरी विशेषता है, प्रिय बोलना वाणीकी तीसरी विशेषता है। धर्मसम्मत बोलना यह वाणीकी चौथी विशेषता है (इनमें उत्तरोत्तर श्रेष्ठता है) ॥ ३८ ॥

साध्या ऊचुः

केनायमावृतो लोकः केन ■ न प्रकाशते ।
केन त्यजति मित्राणि केन स्वर्गं न गच्छति ॥ ३९ ॥

साध्योंने पूछा—हंस ! इस जगत्‌को किसने आवृत कर रक्खा है ? किस कारणसे उसका स्वरूप प्रकाशित नहीं होता है ? मनुष्य किस हेतुसे मित्रोंका त्याग करता है ? और किस दोषसे वह स्वर्गमें नहीं जाने पाता ? ॥ ३९ ॥

हंस उवाच

अज्ञानेनावृतो लोको मात्सर्यान्न प्रकाशते ।
लोभात् त्यजति मित्राणि संगात् स्वर्गं न गच्छति ॥ ४० ॥

हंसने कहा—देवताओ ! अज्ञानने इस लोकको आवृत कर रक्खा है । आपसमें डाह होनेके कारण इसका स्वरूप प्रकाशित नहीं होता । मनुष्य लोभसे मित्रोंका त्याग करता है और आसक्तिदोषके कारण वह स्वर्गमें नहीं जाने पाता ॥ ४० ॥

साध्या ऊचुः

■ स्विदेको रमते ब्राह्मणानां
■ स्विदेको बहुभिर्जोषमास्ते ।
■ स्विदेको बलवान् दुर्बलोऽपि
कः स्विदेषां कलहं नान्ववैति ॥ ४१ ॥

साध्योंने पूछा—हंस ! ब्राह्मणोंमें कौन एकमात्र सुखका अनुभव करता है ? वह कौन ऐसा एक मनुष्य है, जो बहुतोंके साथ रहकर भी चुप रहता है ? वह कौन एक मनुष्य है, जो दुर्बल होनेपर भी बलवान् है तथा इनमें कौन ऐसा है, जो किसीके साथ कलह नहीं करता ? ॥ ४१ ॥

हंस उवाच

■ एको रमते ब्राह्मणानां
प्राज्ञश्चैको बहुभिर्जोषमास्ते ।
■ एको बलवान् दुर्बलोऽपि
■ एषां कलहं नान्ववैति ॥ ४२ ॥

हंसने कहा—देवताओ ! ब्राह्मणोंमें जो ज्ञानी है, एकमात्र वही परम सुखका अनुभव ■ है । ज्ञानी ही बहुतोंके साथ रहकर भी मौन रहता है । एकमात्र ज्ञानी दुर्बल होनेपर भी बलवान् है और इनमें ज्ञानी ही किसीके साथ कलह नहीं करता है ॥ ४२ ॥

साध्या ऊचुः

किं ब्राह्मणानां देवत्वं किं च साधुत्वमुच्यते ।
असाधुत्वं च किं तेषां किमेषां मानुषं मतम् ॥ ४३ ॥

साध्योंने पूछा—हंस ! ब्राह्मणोंका देवत्व क्या है ? उनमें साधुता क्या बतायी जाती है ? उनके भीतर असाधुता और मनुष्यता क्या मानी गयी है ? ॥ ४३ ॥

हंस उवाच

स्वाध्याय एषां देवत्वं व्रतं साधुत्वमुच्यते ।
असाधुत्वं परीवादो मृत्युर्मानुष्यमुच्यते ॥ ४४ ॥

हंसने कहा—साध्यगण ! वेद-शास्त्रोंका स्वाध्याय ■ ब्राह्मणोंका देवत्व है । उत्तम व्रतोंका पालन करना ही उनमें साधुता बतायी जाती है । दूसरोंकी निन्दा ■ ■ उनकी असाधुता है और मृत्युको प्राप्त होना ही उनकी मनुष्यता बतायी गयी है ॥ ४४ ॥

भीष्म उवाच

(इत्युक्त्वा परमो देवो भगवान् नित्य अव्ययः ।
साध्यैर्देवगणैः सार्धं दिवमेवारुरोह सः ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! ऐसा कहकर नित्य अविनाशी परमदेव भगवान् ब्रह्मा साध्य देवताओंके साथ ही ऊपर स्वर्गलोककी ओर चल दिये ॥

एतद् यशस्यमायुष्यं पुण्यं स्वर्ग्याय च ध्रुवम् ।
दर्शितं देवदेवेन परमेणाव्ययेन च ॥)

सर्वश्रेष्ठ अविनाशी देवाधिदेव ब्रह्माजीके द्वारा प्रकाशमें लाया हुआ यह पुण्यमय तत्त्वज्ञान ■ और आयुकी वृद्धि करनेवाला है तथा यह स्वर्गलोककी प्राप्तिका निश्चित साधन है ॥

संवाद इत्ययं श्रेष्ठः साध्यानां परिकीर्तितः ।
क्षेत्रं वै कर्मणां योनिः सद्भावः सत्यमुच्यते ॥ ४५ ॥

युधिष्ठिर ! इस प्रकार साध्योंके साथ जो हंसका संवाद हुआ था, उसका मैंने तुमसे वर्णन किया । यह शरीर ही कर्मोंकी योनि है और सद्भावको ही ■ कहते हैं ॥ ४५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि हंसगीतासमाप्तौ नवनवत्यधिकद्विशततमोऽध्यायः ॥ २९९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें हंसगीताकी समाप्ति विषयक दो सौ निन्यानबेवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ २९९ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठके २ श्लोक मिलाकर कुल ४७ श्लोक हैं)

त्रिशततमोऽध्यायः

सांख्य और योगका अन्तर बतलाते हुए योगमार्गके स्वरूप, साधन, फल और प्रभावका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

सांख्ये योगे च मे तात विशेषं वक्तुमर्हसि ।
तव धर्मज्ञ सर्वं हि विदितं कुरुसत्तम ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—तात ! धर्मज्ञ कुरुश्रेष्ठ ! सांख्य और योगमें क्या अन्तर है ? यह बतानेकी कृपा करें; क्योंकि आपको सब बातोंका ज्ञान है ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

सांख्याः सांख्यं प्रशंसन्ति योगा योगं द्विजातयः।
वदन्ति कारणं श्रेष्ठं स्वपक्षोद्भावनाय वै ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! सांख्यके विद्वान् सांख्यकी और योगके ज्ञाता द्विज योगकी प्रशंसा करते हैं। दोनों ही अपने-अपने पक्षकी उत्कृष्टता सूचित करनेके लिये उत्तमोत्तम युक्तियोंका प्रतिपादन करते हैं ॥ २ ॥

अनीश्वरः कथं मुच्येदित्येवं शत्रुकर्शन।
वदन्ति कारणैः श्रैष्ठ्यं योगाः सम्यङ्मनीषिणः॥ ३ ॥

शत्रुसूदन! योगके मनीषी विद्वान् अपने मतकी श्रेष्ठता बताते हुए यह युक्ति उपस्थित करते हैं कि ईश्वरका अस्तित्व स्वीकार किये बिना किसीकी भी मुक्ति कैसे हो सकती है? (अतः मोक्षदाता ईश्वरकी सत्ता अवश्य स्वीकार करनी चाहिये) ॥ ३ ॥

वदन्ति कारणं चेदं सांख्याः सम्यग् द्विजातयः।
विज्ञायेह गतीः सर्वा विरक्तो विषयेषु यः ॥ ४ ॥
ऊर्ध्वं स देहात् सुव्यक्तं विमुच्येदिति नान्यथा।
एतदाहुर्महाप्राज्ञाः सांख्ये वै मोक्षदर्शनम् ॥ ५ ॥

सांख्यमतके माननेवाले महाज्ञानी द्विज मोक्षका युक्तियुक्त कारण इस प्रकार बताते हैं—सब प्रकारकी गतियोंको जानकर जो विषयोंसे विरक्त हो जाता है, वही देहत्यागके अनन्तर मुक्त होता है। यह बात स्पष्टरूपसे सबकी समझमें आ सकती है। दूसरे किसी उपायसे मोक्ष मिलना असम्भव है। इस प्रकार वे सांख्यको ही मोक्षदर्शन कहते हैं ॥४-५॥

स्वपक्षे कारणं ग्राह्यं समर्थं वचनं हितम्।
शिष्टानां हि मतं ग्राह्यं त्वद्विधैः शिष्टसम्मतैः॥ ६ ॥

अपने-अपने पक्षमें युक्तियुक्त कारण ग्राह्य होता है तथा सिद्धान्तके अनुकूल हितकारक वचन मानने योग्य समझा जाता है। शिष्ट पुरुषोंद्वारा सम्मानित तुम जैसे लोगोंको श्रेष्ठ पुरुषोंका ही मत ग्रहण करना चाहिये ॥ ६ ॥

प्रत्यक्षहेतवो योगाः सांख्याः शास्त्रविनिश्चयाः।
उभे चैते मते तत्त्वे मम तात युधिष्ठिर ॥ ७ ॥

योगके विद्वान् प्रधानतया प्रत्यक्ष प्रमाणको ही माननेवाले होते हैं और सांख्यमतानुयायी शास्त्र-प्रमाणपर ही विश्वास करते हैं। तात युधिष्ठिर! ये दोनों ही मत मुझे तात्त्विक जान पड़ते हैं ॥ ७ ॥

उभे चैते मते ज्ञाते नृपते शिष्टसम्मते।
अनुष्ठिते यथाशास्त्रं नयेतां परमां गतिम् ॥ ८ ॥

नरेश्वर! इन दोनों मतोंका श्रेष्ठ पुरुषोंने आदर किया है। इन दोनों ही मतोंको जानकर शास्त्रके अनुसार उनका आचरण किया जाय तो वे परमगतिकी प्राप्ति करा सकते हैं।

तुल्यं शौचं तपोयुक्तं दया भूतेषु चानघ।
व्रतानां धारणं तुल्यं दर्शनं न समं तयोः ॥ ९ ॥

बाहर-भीतरकी पवित्रता, तप, प्राणियोंपर दया और व्रतोंका पालन आदि नियम दोनों मतोंमें समान रूपसे स्वीकार किये गये हैं। केवल उनके दर्शनोंमें अर्थात् पद्धतियोंमें समानता नहीं है ॥ ९ ॥

युधिष्ठिर उवाच

यदि तुल्यं व्रतं शौचं दया चात्र फलं तथा।
न तुल्यं दर्शनं कस्मात् तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १० ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! यदि इन दोनों मतोंमें उत्तम व्रत, बाहर-भीतरकी पवित्रता और दया समान है एवं दोनोंका परिणाम भी एक ही है तो इनके दर्शनमें समानता क्यों नहीं है, यह मुझे बताइये ॥ १० ॥

भीष्म उवाच

रागं मोहं तथा स्नेहं कामं क्रोधं च केवलम्।
योगाच्छित्त्वा ततो दोषान् पञ्चैतान् प्राप्नुवन्ति तत् ११

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! योगी पुरुष केवल योगबलसे राग, मोह, स्नेह, काम और क्रोध—इन पाँच दोषोंका मूलोच्छेद करके परमपदको प्राप्त कर लेते हैं ॥ ११ ॥

यथा चानिमिषाः स्थूला जालं छित्त्वा पुनर्जलम्।
प्राप्नुवन्ति तथा योगास्तत् पदं वीतकल्मषाः॥ १२ ॥

जैसे बड़े-बड़े और मोटे मत्स्य जालको काटकर फिर जलमें जा मिलते हैं, उसी प्रकार योगी अपने पापोंका नाश करके परमात्मपदको प्राप्त करते हैं ॥ १२ ॥

तथैव वागुरां छित्त्वा बलवन्तो यथा मृगाः।
प्राप्नुयुर्विमलं मार्गं विमुक्ताः सर्वबन्धनैः ॥ १३ ॥
लोभजानि तथा राजन् बन्धनानि बलान्विताः।
छित्त्वा योगाः परं मार्गं गच्छन्ति विमलं शिवम्॥ १४ ॥

राजन्! इसी प्रकार जैसे बलवान् मृग जालको तोड़कर सारे बन्धनोंसे मुक्त हो निर्विघ्न मार्गपर चले जाते हैं, वैसे ही योगबलसे सम्पन्न योगी पुरुष लोभजनित सब बन्धनोंको तोड़कर परम निर्मल कल्याणमय मार्गको प्राप्त कर लेते हैं ॥१३-१४॥

अबलाश्च मृगा राजन् वागुरासु तथा परे।
विनश्यन्ति न संदेहस्तद्वद् योगबलादृते ॥ १५ ॥

नरेश्वर! जैसे निर्बल मृग तथा दूसरे पशु जालमें पड़कर निस्सन्देह नष्ट हो जाते हैं, उसी प्रकार योगबलसे रहित मनुष्यकी भी दशा होती है ॥ १५ ॥

बलहीनाश्च कौन्तेय यथा जालं गता झषाः।
वधं गच्छन्ति राजेन्द्र योगास्तद्वत् सुदुर्बलाः ॥ १६ ॥

कुन्तीनन्दन राजेन्द्र! जैसे निर्बल मत्स्य जालमें फँसकर वधको प्राप्त होते हैं, वही दशा योगबलसे सर्वथा रहित मनुष्योंकी भी होती है ॥ १६ ॥

यथा च शकुनाः सूक्ष्मं प्राप्य जालमरिंदम।
तत्र सक्ता विपद्यन्ते मुच्यन्ते च बलान्विताः॥ १७॥
कर्मजैर्बन्धनैर्बद्धास्तद्वद् योगाः परंतप।
अबला वै विनश्यन्ति मुच्यन्ते च बलान्विताः॥ १८॥

शत्रुदमन! जैसे निर्बल पक्षी सूक्ष्म जालमें फँसकर बन्धनको प्राप्त हो अपने प्राण खो देते हैं और बलवान् पक्षी जाल तोड़कर उसके बन्धनसे मुक्त हो जाते हैं, उसी प्रकार कर्मजनित बन्धनोंसे बँधे हुए निर्बल योगी सर्वथा नष्ट हो जाते हैं, किंतु परंतप! योगबलसे सम्पन्न योगी उस प्रकारके बन्धनोंसे छुटकारा पा जाते हैं॥ १७-१८॥

अल्पकश्च यथा राजन् वह्निः शाम्यति दुर्बलः।
आक्रान्त इन्धनैः स्थूलैस्तद्वद् योगोऽबलः प्रभो॥ १९॥

राजन्! जैसे अल्प होनेके कारण दुर्बल अग्निपर बड़े-बड़े मोटे ईंधन रख देनेसे वह जलनेके बजाय बुझ जाती है, प्रभो! उसी प्रकार निर्बल योगी महान् योगके भारसे दबकर नष्ट हो जाता है॥ १९॥

स एव च यदा राजन् वह्निर्जातबलः पुनः।
समीरणगतः क्षिप्रं दहेत् कृत्स्नां महीमपि॥ २०॥

राजन्! वही आग जब हवाका सहारा पाकर प्रबल हो जाती है, तब सम्पूर्ण पृथ्वीको भी तत्काल भस्म कर सकती है॥ २०॥

तद्वज्जातबलो योगी दीप्ततेजा महाबलः।
अन्तकाल इवादित्यः कृत्स्नं संशोषयेज्जगत्॥ २१॥

इसी तरह योगीका भी योगबल बढ़ जानेसे जब वह उद्दीप्त तेजसे [illegible] और महान् शक्तिशाली हो जाता है, तब [illegible] जैसे प्रलयकालीन सूर्य [illegible] जगत्को सुखा [illegible] है, वैसे ही [illegible] रागादि दोषोंका नाश कर देता है॥२१॥

दुर्बलश्च यथा राजन् स्रोतसा ह्रियते नरः।
बलहीनस्तथा योगो विषयैर्ह्रियतेऽवशः॥ २२॥

राजन्! जैसे दुर्बल मनुष्य पानीके वेगसे बह जाता है, उसी तरह दुर्बल योगी विवश होकर विषयोंकी ओर खिंच जाता है॥ २२॥

तदेव च महास्रोतो विष्टम्भयति वारणः।
तद्वद् योगबलं लब्ध्वा व्यूहते विषयान् बहून्॥ २३॥

परंतु जलके उसी महान् स्रोतको जैसे गजराज रोक देता है अर्थात् उसमें नहीं बहता, उसी प्रकार योगका महान् बल पाकर योगी भी उन सभी बहुसंख्यक विषयोंको अवरुद्ध कर देता है अर्थात् उनके प्रवाहमें नहीं बहता॥ २३॥

विशन्ति चावशाः पार्थ योगाद् योगबलान्विताः।
प्रजापतीनृषीन् देवान् महाभूतानि चेश्वराः॥ २४॥

कुन्तीनन्दन! योगशक्तिसम्पन्न पुरुष स्वतन्त्रतापूर्वक प्रजापति, ऋषि, देवता और पञ्चमहाभूतोंमें प्रवेश कर जाते हैं। उनमें ऐसा करनेकी सामर्थ्य आ जाती है॥ २४॥

न यमो नान्तकः क्रुद्धो न मृत्युर्भीमविक्रमः।
ईशते नृपते सर्वे योगस्यामिततेजसः॥ २५॥

नरेश्वर! अमित तेजस्वी योगीपर क्रोधमें भरे हुए यमराज, अन्तक और भयंकर पराक्रम दिखानेवाली मृत्युका भी शासन नहीं चलता है॥ २५॥

आत्मनां च सहस्राणि बहूनि भरतर्षभ।
योगः कुर्याद् बलं प्राप्य तैश्च सर्वैर्महीं चरेत्॥ २६॥

भरतश्रेष्ठ! योगी योगबल पाकर अपने हजारों रूप बना सकता है और उन सबके द्वारा इस पृथ्वीपर विचर सकता है॥

प्राप्नुयाद् विषयांश्चैव पुनश्चोग्रं तपश्चरेत्।
संक्षिपेच्च पुनस्तात सूर्यस्तेजोगुणानिव॥ २७॥

तात! वह उन शरीरोंद्वारा विषयोंका सेवन और उग्र तपस्या भी करता है। तदनन्तर अपनी तेजोमयी किरणोंको समेट लेनेवाले सूर्यकी भाँति सभी रूपोंको अपनेमें लीन [illegible] लेता है॥ २७॥

[illegible] हि योगस्य बन्धनेशस्य पार्थिव।
विमोक्षप्रभविष्णुत्वमुपपन्नमसंशयम्॥ २८॥

पृथ्वीनाथ! बलवान् योगी बन्धनोंको तोड़नेमें समर्थ होता है, उसमें अपनेको मुक्त करनेकी पूर्ण शक्ति [illegible] जाती है, इसमें तनिक भी संशय नहीं है॥ २८॥

बलानि योगप्राप्तानि मयैतानि विशाम्पते।
निदर्शनार्थं सूक्ष्माणि वक्ष्यामि च पुनस्तव॥ २९॥

प्रजापालक नरेश! [illegible] दृष्टान्तके लिये योगसे प्राप्त होनेवाली कुछ सूक्ष्म शक्तियोंका पुनः तुमसे वर्णन करूँगा॥

[illegible] समाधाने धारणां प्रति वा विभो।
निदर्शनानि सूक्ष्माणि शृणु मे भरतर्षभ॥ ३०॥

प्रभो! भरतश्रेष्ठ! आत्मसमाधिके लिये जो धारणा की जाती है, उसके विषयमें भी कुछ सूक्ष्म दृष्टान्त बतलाता हूँ, सुनो॥ ३०॥

अप्रमत्तो तथा धन्वी लक्ष्यं हन्ति समाहितः।
युक्तः सम्यक् तथा योगी मोक्षं प्राप्नोत्यसंशयम्॥३१॥

जैसे सदा सावधान रहनेवाला धनुर्धर वीर चित्तको एकाग्र करके बाण चलानेपर लक्ष्यको अवश्य बींध डालता है, उसी प्रकार जो योगी मनको परमात्माके ध्यानमें लगा देता है, वह निस्संदेह मोक्षको प्राप्त [illegible] लेता है॥ ३१॥

स्नेहपूर्णे यथा पात्रे मन आधाय निश्चलम्।
पुरुषो युक्त आरोहेत् सोपानं युक्तमानसः॥ ३२॥
युक्तस्तथायमात्मानं योगः पार्थिव निश्चलम्।
करोत्यमलमात्मानं भास्करोपमदर्शनम्॥ ३३॥

पृथ्वीनाथ! जैसे सिरपर रक्खे हुए तेलसे भरे पात्रकी

ओर मनको स्थिरभावसे लगाये रखनेवाला पुरुष एकाग्रचित्त हो सीढ़ियोंपर [illegible] जाता है और जरा भी तेल नहीं छलकता, उसी तरह योगी भी योगयुक्त होकर जब आत्माको परमात्मामें स्थिर करता है, [illegible] समय उसका आत्मा अत्यन्त निर्मल तथा अचल सूर्यके समान तेजस्वी हो जाता है ॥ ३२-३३ ॥

यथा च नावं कौन्तेय कर्णधारः समाहितः।
महार्णवगतां शीघ्रं नयेत् पार्थिवसत्तम ॥ ३४ ॥
तद्वदात्मसमाधानं युक्त्वा योगेन तत्त्ववित्।
दुर्गमं स्थानमाप्नोति हित्वा देहमिमं नृप ॥ ३५ ॥

कुन्तीकुमार ! नृपश्रेष्ठ ! जैसे सावधान नाविक समुद्रमें पड़ी हुई नौकाको शीघ्र ही किनारेपर लगा देता है, उसी [illegible] योगके अनुसार तत्त्वको जाननेवाला पुरुष समाधिके द्वारा मनको परमात्मामें लगाकर इस देहका त्याग करनेके अनन्तर दुर्गम स्थान (परमधाम) को प्राप्त होता है ॥

सारथिश्च यथा युक्त्वा सदश्वान् सुसमाहितः।
देशमिष्टं नयत्याशु धन्विनं पुरुषर्षभ ॥ ३६ ॥
तथैव नृपते योगी धारणासु समाहितः।
प्राप्नोत्याशु परं स्थानं लक्षं मुक्त इवाशुगः ॥ ३७ ॥

पुरुषप्रवर ! राजन् ! जिस तरह अत्यन्त सावधान रहनेवाला सारथि अच्छे घोड़ोंको रथमें जोतकर धनुर्धर योद्धाको तुरंत ही अभीष्ट स्थानपर पहुँचा देता है, वैसे ही धारणाओंमें एकाग्रचित्त हुआ योगी लक्ष्यकी ओर छोड़े हुए बाणकी भाँति शीघ्र परम पदको प्राप्त हो जाता है ॥ ३६-३७ ॥

प्रवेश्यात्मनि चात्मानं योगी तिष्ठति योऽचलः।
पापं हन्ति पुनीतानां पदमाप्नोति सोऽजरम् ॥ ३८ ॥

जो योगी समाधिके द्वारा आत्माको परमात्मामें स्थिर करके अचल हो जाता है, वह अपने पापको नष्ट कर देता है और पवित्र पुरुषोंको प्राप्त होनेवाले अविनाशी पदको पा लेता है ॥ ३८ ॥

नाभ्यां कण्ठे च शीर्षे च हृदि वक्षसि पार्श्वयोः।
दर्शने श्रवणे चापि घ्राणे चामितविक्रम ॥ ३९ ॥
स्थानेष्वेतेषु यो योगी महाव्रतसमाहितः।
आत्मना सूक्ष्ममात्मानं युङ्क्ते सम्यग्विशाम्पते ॥ ४० ॥
[illegible] शीघ्रमचलप्रख्यं कर्म दग्ध्वा शुभाशुभम्।
उत्तमं योगमास्थाय यदीच्छति विमुच्यते ॥ ४१ ॥

अमित पराक्रमी नरेश ! योगके महान् व्रतमें एकाग्रचित्त रहनेवाला जो योगी नाभि, कण्ठ, मस्तक, हृदय, वक्षःस्थल, पार्श्वभाग, नेत्र, कान और नासिका आदि स्थानोंमें धारणाके द्वारा सूक्ष्म आत्माको परमात्माके साथ भलीभाँति संयुक्त करता है, वह यदि इच्छा करे तो अपने पर्वताकार विशाल शुभाशुभ कर्मोंको शीघ्र ही भस्म करके उत्तम योगका आश्रय लेकर [illegible] हो जाता है ॥ ३९—४१ ॥

युधिष्ठिर उवाच

आहारान् कीदृशान् कृत्वा कानि जित्वा च भारत।
योगी बलमवाप्नोति तद् भवान् वक्तुमर्हसि ॥ ४२ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—भरतनन्दन ! योगी कैसे आहार करके और किन-किनको जीतकर योगशक्ति प्राप्त [illegible] लेता है यह [illegible] मुझे बतानेकी कृपा करें ॥ ४२ ॥

भीष्म उवाच

कणानां भक्षणे युक्तः पिण्याकस्य च भारत।
स्नेहानां वर्जने युक्तो योगी बलमवाप्नुयात् ॥ ४३ ॥

भीष्मजीने कहा—भारत ! जो धानकी खुद्दी और तिलकी खली खाता तथा घी-तेलका परित्याग कर देता है, उसी योगीको योगबलकी प्राप्ति होती है ॥ ४३ ॥

भुञ्जानो यावकं रूक्षं दीर्घकालमरिंदम।
एकाहारो विशुद्धात्मा योगी बलमवाप्नुयात् ॥ ४४ ॥

शत्रुदमन नरेश ! जो दीर्घकालतक एक समय जौका [illegible] दलिया [illegible] है, वह योगी शुद्धचित्त होकर योगबलकी प्राप्ति कर सकता है ॥ ४४ ॥

[illegible] मासानृतूंश्चैतान् संवत्सरानहस्तथा।
[illegible] पीत्वा पयोमिश्रा योगी बलमवाप्नुयात् ॥ ४५ ॥

जो योगी दुग्धमिश्रित जलको दिनमें एक [illegible] पीता है; फिर पंद्रह दिनोंमें एक बार पीता है। तत्पश्चात् एक महीनेमें, एक ऋतुमें और एक वर्षमें एक बार उसे ग्रहण करता है, उसको योगशक्ति प्राप्त होती है ॥ ४५ ॥

अखण्डमपि [illegible] मांसं सततं मनुजेश्वर।
उपोष्य सम्यक् शुद्धात्मा योगी बलमवाप्नुयात् ॥ ४६ ॥

नरेश्वर ! जो लगातार जीवनभरके लिये मांस नहीं [illegible] है और विधिपूर्वक उत्तम व्रतका पालन करके अपने अन्तःकरणको शुद्ध बना लेता है, वह योगी भी योगशक्ति प्राप्त कर लेता है ॥ ४६ ॥

कामं जित्वा [illegible] क्रोधं शीतोष्णे वर्षमेव च।
भयं शोकं [illegible] श्वासं पौरुषान् विषयांस्तथा ॥ ४७ ॥
अरतिं दुर्जयां चैव घोरां तृष्णां च पार्थिव।
स्पर्शं निद्रां [illegible] तन्द्रीं दुर्जयां नृपसत्तम ॥ ४८ ॥
दीपयन्ति महात्मानः सूक्ष्ममात्मानमात्मना।
वीतरागा महाप्राज्ञा ध्यानाध्ययनसम्पदा ॥ ४९ ॥

पृथ्वीनाथ ! नृपश्रेष्ठ ! काम, क्रोध, सर्दी, गर्मी, वर्षा, भय, शोक, श्वास, मनुष्योंको प्रिय लगनेवाले विषय, दुर्जय असंतोष, घोर तृष्णा, स्पर्श, निद्रा तथा दुर्जय आलस्यको जीतकर वीतराग, महान् एवं उत्तम बुद्धिसे युक्त महात्मा योगी स्वाध्याय [illegible] ध्यानका सम्पादन करके बुद्धिके द्वारा [illegible] आत्माका साक्षात्कार कर लेते हैं ॥ ४७—४९ ॥

दुर्गस्त्वेष [illegible] [illegible] ब्राह्मणानां विपश्चिताम्।
[illegible] कश्चिद् व्रजति ह्यस्मिन् क्षेमेण भरतर्षभ ॥ ५० ॥

भरतश्रेष्ठ ! विद्वान् ब्राह्मणोंने योगके इस मार्गको दुर्गम माना है। कोई विरला ही इस मार्गको कुशलपूर्वक तै कर सकता है ॥ ५० ॥

यथा कश्चिद् वनं घोरं बहुसर्पसरीसृपम्।
श्वभ्रवत् तोयहीनं च दुर्गमं बहुकण्टकम् ॥ ५१ ॥
अभक्तमटवीप्रायं दावदग्धमहीरुहम्।
पन्थानं तस्कराकीर्णं क्षेमेणाभिपतेद् युवा ॥ ५२ ॥
योगमार्गं तथाऽऽसाद्य यः कश्चिद् व्रजते द्विजः।
क्षेमेणोपरमेन्मार्गाद् बहुदोषो हि स स्मृतः ॥ ५३ ॥

जैसे कोई-कोई विरला नवयुवक ही अनेकानेक सर्पों [illegible] बिच्छू आदिसे भरे हुए गड्ढों और बहुत-से काँटोंवाले, जल-शून्य, दुर्गम एवं घोर वनमें सकुशल यात्रा कर सकता है तथा जहाँ भोजन मिलना असम्भव है, जिसमें प्रायः जंगल-ही-जंगल पड़ता है, जहाँके वृक्ष दावानलसे जलकर भस्म हो गये हैं तथा जो चोर-डाकुओंसे भरा हुआ है, ऐसे मार्गको सकुशल तै कर सकता है; उसी प्रकार योगमार्गका आश्रय लेकर कोई विरला ही द्विज उसपर कुशलपूर्वक चल पाता है, क्योंकि वह बहुत-से दोषों (कठिनाइयों) से भरा हुआ [illegible] गया है ॥५१-५३॥

सुस्थेयं क्षुरधारासु निशितासु महीपते।
धारणासु तु योगस्य दुःस्थेयमकृतात्मभिः ॥ ५४ ॥

पृथ्वीपते ! छुरेकी तीखी धारपर कोई सुखपूर्वक खड़ा रह सकता है; किंतु जिनका चित्त शुद्ध नहीं है, ऐसे मनुष्योंका योगकी धारणाओंमें स्थिर रहना नितान्त कठिन है ॥ ५४ ॥

विपन्ना धारणास्तात नयन्ति न शुभां गतिम्।
नेतृहीना यथा नावः पुरुषानर्णवे नृप ॥ ५५ ॥

[illegible] ! नरेश्वर ! जैसे समुद्रमें बिना नाविककी नाव मनुष्योंको पार नहीं लगा सकती, उसी प्रकार यदि योगकी धारणाएँ सिद्ध न हुई तो वे शुभगतिकी प्राप्ति नहीं करा सकतीं ॥ ५५ ॥

यस्तु तिष्ठति कौन्तेय धारणासु यथाविधि।
मरणं जन्म दुःखं च सुखं च स विमुञ्चति ॥ ५६ ॥

कुन्तीनन्दन ! जो विधिपूर्वक योगकी धारणाओंमें स्थिर रहता है, वह जन्म, मृत्यु, दुःख और सुखके बन्धनोंसे छुटकारा पा जाता है ॥ ५६ ॥

नानाशास्त्रेषु निष्पन्नं योगेष्विदमुदाहृतम्।
परं योगस्य यत् कृत्यं निश्चितं तद् द्विजातिषु ॥ ५७ ॥

यह मैंने तुम्हें योगविषयक नाना शास्त्रोंका सिद्धान्त बतलाया है। योग-साधनाका जो-जो कृत्य है, वह द्विजातियोंके लिये ही निश्चित किया गया है अर्थात् उन्हींका उसमें अधिकार है ॥ ५७ ॥

परं हि तद् ब्रह्म महन्महात्मन्
ब्रह्माणमीशं वरदं च विष्णुम्।
भवं च धर्मं च षडाननं च
यद् ब्रह्मपुत्रांश्च महानुभावान् ॥ ५८ ॥
तमश्च कष्टं सुमहद् रजश्च
सत्त्वं विशुद्धं प्रकृतिं परां च।
सिद्धिं च देवीं वरुणस्य पत्नीं
तेजश्च कृत्स्नं सुमहच्च धैर्यम् ॥ ५९ ॥
ताराधिपं खे विमलं सतारं
विश्वांश्च देवानुरगान् पितॄंश्च।
शैलांश्च कृत्स्नानुदधींश्च घोरान्
नदीश्च सर्वाः सवनान् घनांश्च ॥ ६० ॥
नागान् नगान् यक्षगणान् दिशश्च
गन्धर्वसंघान् पुरुषान् स्त्रियश्च।
परस्परं प्राप्य महान्महात्मा
विशेत योगी न चिराद् विमुक्तः ॥ ६१ ॥

महात्मन् ! योगसिद्ध महात्मा पुरुष यदि चाहे तो तुरंत ही मुक्त होकर महान् परब्रह्मके स्वरूपको प्राप्त कर लेता है अथवा वह अपने योगबलसे भगवान् ब्रह्मा, वरदायक विष्णु, महादेवजी, धर्म, छः मुखोंवाले कार्तिकेय, ब्रह्माजीके महानुभाव पुत्र सनकादि, कष्टदायक तमोगुण, महान् रजोगुण, विशुद्ध सत्त्वगुण, मूल प्रकृति, वरुणपत्नी सिद्धिदेवी, सम्पूर्ण तेज, महान् धैर्य, ताराओंसहित आकाशमें प्रकाशित होनेवाले निर्मल तारापति चन्द्रमा, विश्वेदेव, नाग, पितर, सम्पूर्ण पर्वत, भयंकर समुद्र, सम्पूर्ण नदी-समुदाय, वन, मेघ, नाग, वृक्ष, यक्ष, दिशा, गन्धर्वगण, समस्त पुरुष और स्त्री—इनमेंसे प्रत्येकके पास पहुँचकर उसके भीतर प्रवेश कर सकता है ॥५८-६१॥

[illegible] च येयं नृपते प्रसक्ता
देवे महावीर्यमतौ शुभेयम्।
योगी स सर्वानभिभूय मर्त्यान्
नारायणात्मा कुरुते महात्मा ॥ ६२ ॥

नरेश्वर ! महान् बल और बुद्धिसे सम्पन्न परमात्मासे सम्बन्ध रखनेवाली वह कल्याणमयी वार्ता मैंने प्रसंगवश तुम्हें सुनायी है। योगसिद्ध महात्मा पुरुष सब मनुष्योंसे ऊपर उठकर नारायणस्वरूप हो जाता है और संकल्पमात्रसे सृष्टि करने लगता है ॥ ६२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि योगविधौ त्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें योगविधिविषयक तीन सौवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०० ॥

नारदजीको भगवान्‌के विश्वरूपका दर्शन

एकाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

सांख्ययोगके अनुसार [illegible] और उसके फलका वर्णन

युधिष्ठिर उवाच

सम्यक् त्वयायं नृपते वर्णितः शिष्टसम्मतः।
योगमार्गो यथान्यायं शिष्यायेह हितैषिणा ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने कहा—महाराज ! [illegible] मेरे हितैषी हैं, आपने [illegible] शिष्यके प्रति शिष्ट पुरुषोंके मतके अनुसार इस योगमार्गका यथोचितरूपसे वर्णन किया ॥ [illegible] ॥

सांख्ये त्विदानीं कार्त्स्न्येन विधिं प्रब्रूहि पृच्छते।
त्रिषु लोकेषु यज्ज्ञानं सर्वं तद् विदितं हि ते ॥ २ ॥

अब मैं सांख्यविषयक सम्पूर्ण विधि पूछ रहा हूँ। [illegible] मुझे उसे बतानेकी कृपा करें; क्योंकि तीनों लोकोंमें जो ज्ञान है, वह [illegible] आपको विदित है ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

शृणु मे त्वमिदं सूक्ष्मं सांख्यानां विदितात्मनाम्।
विहितं यतिभिः सर्वैः कपिलादिभिरीश्वरैः ॥ ३ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! आत्मतत्त्वके जाननेवाले सांख्यशास्त्रके विद्वानोंका यह सूक्ष्म ज्ञान तुम मुझसे सुनो। इसे ईश्वरकोटिके कपिल आदि सम्पूर्ण यतियोंने प्रकाशित किया है ॥ ३ ॥

यस्मिन् न विभ्रमाः केचिद् दृश्यन्ते मनुजर्षभ।
गुणाश्च यस्मिन् बहवो दोषहानिश्च केवला ॥ ४ ॥

नरश्रेष्ठ ! इस मतमें किसी प्रकारकी भूल नहीं दिखायी देती। इसमें गुण तो बहुत-से हैं; किंतु दोषोंका सर्वथा अभाव है ॥ ४ ॥

ज्ञानेन परिसंख्याय सदोषान् विषयान् नृप।
मानुषान् दुर्जयान् कृत्स्नान् पैशाचान् विषयांस्तथा ॥ ५ ॥
राक्षसान् विषयान् [illegible] यक्षाणां विषयांस्तथा।
विषयानौरगान् [illegible] गान्धर्वविषयांस्तथा ॥ ६ ॥
पितॄणां विषयान् [illegible] तिर्यक्षु चरतां नृप।
सुपर्णविषयान् [illegible] मरुतां विषयांस्तथा ॥ [illegible] ॥
राजर्षिविषयान् [illegible] ब्रह्मर्षिविषयांस्तथा।
आसुरान् विषयान् ज्ञात्वा वैश्वदेवांस्तथैव च ॥ ८ ॥
देवर्षिविषयान् [illegible] योगानामपि चेश्वरान्।
प्रजापतीनां विषयान् ब्रह्मणो विषयांस्तथा ॥ ९ ॥
आयुषश्च परं कालं लोके विज्ञाय तत्त्वतः।
सुखस्य च परं तत्त्वं विज्ञाय वदतां वर ॥ १० ॥
प्राप्ते काले च यद् दुःखं सततं विषयैषिणाम्।
तिर्यक्षु पततां दुःखं पततां नरके च यत् ॥ ११ ॥
स्वर्गस्य च गुणान् कृत्स्नान् दोषान् सर्वांश्च भारत।
वेदवादेऽपि ये दोषा गुणा ये चापि वैदिकाः ॥ १२ ॥
ज्ञानयोगे च ये दोषा गुणा योगे [illegible] ये नृप।
सांख्यज्ञाने च ये दोषास्तथैव [illegible] गुणा नृप ॥ १३ ॥
सत्त्वं दशगुणं [illegible] रजो नवगुणं तथा।
तमश्चाष्टगुणं [illegible] बुद्धिं सप्तगुणां [illegible] ॥ १४ ॥
षड्गुणं च मनो ज्ञात्वा नभः पञ्चगुणं तथा।
बुद्धिं चतुर्गुणां ज्ञात्वा [illegible] त्रिगुणं [illegible] ॥ १५ ॥
द्विगुणं च रजो ज्ञात्वा सत्त्वमेकगुणं पुनः।
मार्गं विज्ञाय तत्त्वेन प्रलये प्रेक्षणे [illegible] ॥ १६ ॥
ज्ञानविज्ञानसम्पन्नाः कारणैर्भाविताः शुभाः।
प्राप्नुवन्ति शुभं मोक्षं सूक्ष्मा इव नभः परम् ॥ १७ ॥

वक्ताओंमें श्रेष्ठ नरेश्वर ! जो ज्ञानके द्वारा मनुष्य, पिशाच, [illegible] यक्ष, सर्प, गन्धर्व, पितर, तिर्यग्योनि, गरुड़, मरुद्गण, राजर्षि, ब्रह्मर्षि, असुर, विश्वेदेव, देवर्षि, योगी, प्रजापति [illegible] ब्रह्माजीके भी सम्पूर्ण दुर्जय विषयोंको सदोष जानकर, संसारके मनुष्योंका परमायुकाल [illegible] सुखके परम [illegible] ठीक-ठीक [illegible] प्राप्त कर लेते हैं और विषयोंकी इच्छा रखनेवाले पुरुषोंको समय-समयपर जो दुःख [illegible] होता है, उसको, तिर्यग्योनि और नरकमें पड़नेवाले जीवोंके दुःखको, स्वर्ग तथा वेदकी फल श्रुतियोंके सम्पूर्ण गुण दोषोंको जानकर ज्ञानयोग, सांख्यज्ञान और योगमार्गके गुण-दोषोंको भी समझ लेते हैं [illegible] भरतनन्दन ! सत्त्वगुणके दस[1], रजोगुणके नौ[2], तमोगुणके आठ[3], बुद्धिके सात[4], मनके छः[5] और आकाशके पाँच[6] गुणोंका [illegible] प्राप्त करके बुद्धिके दूसरे चार[7], तमोगुणके दूसरे तीन[8], रजोगुणके दूसरे दो[9] और सत्त्वगुणके पुनः एक[10] गुणको जानकर आत्माकी प्राप्ति करानेवाले मार्ग—प्राकृत प्रलय तथा आत्मविचारको ठीक-ठीक जान लेते हैं, वे ज्ञान विज्ञानसे सम्पन्न तथा मोक्षोपयोगी साधनोंके अनुष्ठानसे शुद्धचित्त हुए

---

१. ज्ञानशक्ति, वैराग्य, स्वामिभाव, तप, सत्य, क्षमा, धैर्य, स्वच्छता, आत्मबोध और अधिष्ठातृत्व—ये दस सात्त्विक गुण बताये गये हैं। २. असंतोष, पश्चात्ताप, शोक, लोभ, अक्षमा, दमन करनेकी प्रवृत्ति, काम, क्रोध और ईर्ष्या—ये नौ राजस गुण बताये गये हैं। ३. अविवेक, मोह, प्रमाद, स्वप्न, निद्रा, अभिमान, विषाद और प्रीतिका अभाव—ये आठ तामस गुण हैं। ४. महत्, अहंकार, शब्दतन्मात्रा, स्पर्शतन्मात्रा, रूपतन्मात्रा, रसतन्मात्रा और गन्धतन्मात्रा—ये [illegible] गुण बुद्धिके हैं। ५. श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, रसना और घ्राण—इन पाँच इन्द्रियोंसहित [illegible] मन—ये मनके छः [illegible] हैं। ६. आकाश, वायु, अग्नि, [illegible] और पृथ्वी—ये आकाशके पाँच गुण हैं। ७. संशय, निश्चय, गर्व और स्मरण—ये बुद्धिके चार गुण [illegible]। ८. अप्रतिपत्ति, विप्रतिपत्ति और विपरीत प्रतिपत्ति—ये तीन [illegible] तमके हैं। ९. प्रवृत्ति तथा दुःख—ये दो [illegible] रजके हैं। १०. प्रकाश सत्त्वका एक प्रधान गुण है।

कल्याणमय सांख्ययोगी परम आकाशको [illegible] होनेवाले सूक्ष्म भूतोंके समान मङ्गलमय मोक्षको [illegible] कर लेते हैं ॥५-१७॥

रूपेण दृष्टिं संयुक्तां घ्राणं गन्धगुणेन च ।
शब्दे सक्तं तथा श्रोत्रं जिह्वां रसगुणेषु च ॥ १८ ॥

नेत्र रूप-गुणसे संयुक्त हैं । घ्राणेन्द्रिय गन्ध नामक गुणसे सम्बन्ध रखती है । श्रोत्रेन्द्रिय शब्दमें आसक्त है और रसना रसगुणमें ॥ १८ ॥

तनुं स्पर्शे तथा सक्तां वायुं नभसि चाश्रितम् ।
मोहं तमसि संयुक्तं लोभमर्थेषु संश्रितम् ॥ १९ ॥

[illegible] स्पर्शनामक गुणमें आसक्त है । इसी प्रकार वायुका [illegible] मोहका आश्रय तमोगुण और लोभका आश्रय इन्द्रियोंके विषय हैं ॥ १९ ॥

विष्णुं क्रान्ते बले शक्रं कोष्ठे सक्तं तथानलम् ।
अप्सु देवीं समासक्तामपस्तेजसि संश्रिताः ॥ २० ॥
तेजो वायौ [illegible] संसक्तं वायुं नभसि चाश्रितम् ।
नभो महति संयुक्तं महद् बुद्धौ च संश्रितम् ॥ २१ ॥

गतिका आधार विष्णु, बलका इन्द्र, उदरका अग्नि [illegible] पृथ्वीदेवीका आधार जल है । [illegible] तेज, तेजका वायु, वायुका आकाश, आकाशका आश्रय महत्तत्त्व अर्थात् महत्तत्त्वका कार्य अहंकार है और अहंकारका अधिष्ठान समष्टि बुद्धि है ॥ २०-२१ ॥

बुद्धिं तमसि संसक्तां तमो रजसि संश्रितम् ।
रजः सत्त्वे [illegible] सक्तं सत्त्वं सक्तं तथाऽऽत्मनि ॥ २२ ॥
सक्तमात्मानमीशे [illegible] देवे नारायणे तथा ।
देवं मोक्षे च संसक्तं मोक्षं सक्तं [illegible] न कचित् ॥ २३ ॥

बुद्धिका आश्रय तमोगुण, तमोगुणका आश्रय रजोगुण और रजोगुणका आश्रय सत्त्वगुण है । सत्त्वगुण जीवात्माके आश्रित है । जीवात्माको भगवान् नारायणदेवके आश्रित समझो । भगवान् नारायणका आश्रय है मोक्ष (परब्रह्म), परंतु मोक्षका कोई भी आश्रय नहीं है (वह अपनी ही महिमामें प्रतिष्ठित है) ॥ २२-२३ ॥

[illegible] सत्त्वगुणं देहं वृतं षोडशभिर्गुणैः ।
स्वभावं चेतनां चैव ज्ञात्वा देहसमाश्रिते ॥ २४ ॥
मध्यस्थमेकमात्मानं पापं यस्मिन् न विद्यते ।
द्वितीयं कर्म विज्ञाय नृपते विषयैषिणाम् ॥ २५ ॥

इन बातोंको भलीभाँति जानकर तथा सत्त्वगुणको, मन-सहित ग्यारह इन्द्रिय, पाँच प्राण—इन सोलह गुणोंसे घिरे हुए सूक्ष्म शरीरको, शरीरके आश्रित रहनेवाले स्वभाव और चेतनाको जाने । नरेश्वर ! जिसमें पापका लेश भी नहीं है, वह एकमात्र जीवात्मा शरीरके भीतर हृदयरूपी गुफामें उदासीनभावसे विद्यमान है, इस बातको जाने । विषयकी अभिलाषा रखनेवाले मनुष्योंका जो कर्म है, वह शरीरके भीतर आत्माके अतिरिक्त दूसरा तत्त्व है । [illegible] भी अच्छी [illegible] ॥

इन्द्रियाणीन्द्रियार्थांश्च सर्वानात्मनि संश्रितान् ।
दुर्लभत्वं च मोक्षस्य विज्ञाय श्रुतिपूर्वकम् ॥ २६ ॥

इन्द्रिय और इन्द्रियोंके विषय—ये सबके [illegible] शरीरके भीतर स्थित हैं । मोक्ष [illegible] दुर्लभ वस्तु है । इन सब बातोंको वेदोंके स्वाध्यायपूर्वक भलीभाँति समझ ले ॥ २६ ॥

प्राणापानौ समानं च व्यानोदानौ च तत्त्वतः ।
अधश्चैवानिलं ज्ञात्वा प्रवहं चानिलं पुनः ॥ २७ ॥
[illegible] वातांस्तथा ज्ञात्वा सप्तधा विहितान् पुनः ।
प्रजापतीनृषींश्चैव मार्गांश्चैव बहून् वरान् ॥ २८ ॥

[illegible] अपान, समान, व्यान और उदान—ये पाँच प्राण-[illegible] हैं । अधोगामी वायु [illegible] और ऊर्ध्वगामी प्रवह नामक [illegible] सातवाँ है । ये वायुके जो सात भेद हैं, इनमेंसे प्रत्येकके सात-सात भेद और हो जाते हैं । इस प्रकार कुल उनचास वायु होते हैं । अनेक प्रजापति, अनेक ऋषि तथा मुक्तिके अनेकानेक [illegible] मार्ग हैं । इन सबकी जानकारी प्राप्त करनी चाहिये ॥ २७-२८ ॥

सप्तर्षींश्च बहून् ज्ञात्वा राजर्षींश्च परंतप ।
सुरर्षीन् महतश्चान्यान् ब्रह्मर्षीन् सूर्यसंनिभान् ॥ २९ ॥

परंतप ! सप्तर्षियों, बहुसंख्यक राजर्षियों, देवर्षियों, अन्यान्य महापुरुषों [illegible] सूर्यके [illegible] तेजस्वी ब्रह्मर्षियोंका भी [illegible] करे ॥ २९ ॥

ऐश्वर्याच्च्यावितान् दृष्ट्वा कालेन [illegible] नृप ।
महतां भूतसंघानां श्रुत्वा नाशं च पार्थिव ॥ ३० ॥
गतिं चाप्यशुभां ज्ञात्वा नृपते पापकर्मिणाम् ।
वैतरण्यां च यद् दुःखं पतितानां यमक्षये ॥ ३१ ॥

पृथ्वीनाथ ! महान् कालकी प्रेरणासे मनुष्य ऐश्वर्यसे [illegible] कर दिये जाते हैं । बड़े-बड़े जो भूत-समुदाय हैं, उनका भी कालके द्वारा नाश हो जाता है । यह सब देख-सुनकर पापकर्मी मनुष्योंको जो अशुभ गति प्राप्त होती है तथा यमलोकमें जाकर वैतरणी नदीमें गिरे हुए प्राणियोंको जो दुःख होता है, उसको भी जाने ॥ ३०-३१ ॥

योनीषु च विचित्रासु संसारानशुभांस्तथा ।
जठरे चाशुभे वासं शोणितोदकभाजने ॥ ३२ ॥
श्लेष्ममूत्रपुरीषे च तीव्रगन्धसमन्विते ।
शुक्रशोणितसंघाते मज्जास्नायुपरिग्रहे ॥ ३३ ॥
शिराशतसमाकीर्णे नवद्वारे पुरेऽशुचौ ।
विज्ञाय हितमात्मानं योगांश्च विविधान् नृप ॥ ३४ ॥

प्राणियोंको विचित्र-विचित्र योनियोंमें अशुभ जन्म धारण करने पड़ते हैं । रक्त और मूत्रके पात्ररूप अपवित्र गर्भाशयमें निवास करना पड़ता है, जहाँ कफ, मूत्र और मल भरा होता है तथा तीव्र दुर्गन्ध व्याप्त रहती है, जो रज और वीर्यका समुदायमात्र है, मज्जा एवं स्नायुका [illegible] है, सैकड़ों नस-नाड़ियोंसे व्याप्त है तथा जिसमें नौ [illegible]

हैं; [illegible] अपवित्र पुर अर्थात् शरीरमें जीवको रहना पड़ता है। नरेश्वर! इन [illegible] बातोंको जानकर अपने परम हितस्वरूप आत्माको और उसकी प्राप्तिके लिये शास्त्रोंद्वारा बताये हुए नाना प्रकारके योगों (साधनों) की जानकारी [illegible] करनी चाहिये ॥ ३२–३४ ॥

तामसानां च जन्तूनां रमणीयावृतात्मनाम्।
सात्त्विकानां च जन्तूनां कुत्सितं भरतर्षभ ॥ ३५ ॥
गर्हितं महतामर्थे सांख्यानां विदितात्मनाम्।

भरतश्रेष्ठ! तामस, राजस और सात्त्विक—इन तीन प्रकारके प्राणियोंके जो तत्त्वज्ञानी महात्मा पुरुषोंद्वारा निन्दित—मोक्षविरोधी व्यवहार हैं, उनको भी जानना चाहिये ॥

उपप्लवांस्तथा घोरान्शशिनस्तेजसस्तथा ॥ ३६ ॥
ताराणां पतनं दृष्ट्वा नक्षत्राणां च पर्ययम्।
द्वन्द्वानां विप्रयोगं च विज्ञाय कृपणं नृप ॥ ३७ ॥

नरेश्वर! घोर उत्पात, चन्द्रग्रहण, सूर्यग्रहण, ताराओंका टूटकर गिरना, नक्षत्रोंकी गतिमें उलट-फेर होना तथा पति-पत्नियोंका दुःखदायक वियोग होना आदि बातें, जो इस जगत्‌में घटित होती हैं, उनको भी जानकर अपने कल्याणका उपाय करना चाहिये ॥ ३६-३७ ॥

अन्योन्यभक्षणं दृष्ट्वा भूतानामपि चाशुभम्।
बाल्ये मोहं च विज्ञाय क्षयं देहस्य चाशुभम् ॥ ३८ ॥
रागे मोहे च सम्प्राप्ते क्वचित् सत्त्वं समाश्रितम्।
सहस्रेषु नरः कश्चिन्मोक्षबुद्धिं समाश्रितः ॥ ३९ ॥

संसारके प्राणी एक-दूसरेको खा जाते हैं, यह कैसी अशुभ घटना है! इसपर दृष्टिपात करो। बाल्यावस्थामें मनपर मोह [illegible] रहता है और वृद्धावस्थामें शरीरका अमङ्गलकारी विनाश उपस्थित होता है। राग और मोह प्राप्त होनेपर अनेक दोष उत्पन्न होते हैं, इन सबको जानकर कहीं किसी-किसीको ही सत्त्वगुणसे युक्त देखा [illegible] है। सहस्रों मनुष्योंमेंसे कोई विरला ही मोक्षविषयक बुद्धिका [illegible] लेता है ॥ ३८–३९ ॥

दुर्लभत्वं च मोक्षस्य विज्ञाय श्रुतिपूर्वकम्।
बहुमानमलब्धेषु लब्धे मध्यस्थतां पुनः ॥ ४० ॥

वेद-वाक्योंके श्रवणद्वारा मुक्तिकी दुर्लभताको जानकर अभीष्ट वस्तुकी प्राप्ति न होनेपर भी [illegible] परिस्थितिके प्रति अधिक आदर-बुद्धि रखे और मनोवाञ्छित वस्तु प्राप्त हो जाय, तो भी उसकी ओरसे उदासीन ही रहे ॥ ४० ॥

विषयाणां च दौरात्म्यं विज्ञाय नृपते पुनः।
गतासूनां च कौन्तेय देहान् दृष्ट्वा तथाशुभान् ॥ ४१ ॥

नरेश्वर! शब्द-स्पर्श आदि विषय दुःखरूप [illegible] हैं, इस बातको जाने। कुन्तीनन्दन! जिनके प्राण चले जाते हैं, उन मनुष्योंके शरीरोंकी जो अशुभ एवं बीभत्स दशा होती है, उसपर भी दृष्टिपात करे ॥ ४१ ॥

वासं कुलेषु जन्तूनां दुःखं विज्ञाय भारत।
ब्रह्मघ्नानां गतिं [illegible] पतितानां सुदारुणाम् ॥ ४२ ॥

भरतनन्दन! प्राणियोंका घरोंमें निवास [illegible] भी दुःखरूप ही है, इस बातको अच्छी तरह समझे तथा ब्रह्मघाती और पतित मनुष्योंकी जो अत्यन्त भयंकर दुर्गति होती है, उसको भी जाने ॥ ४२ ॥

सुरापाने च सक्तानां ब्राह्मणानां दुरात्मनाम्।
गुरुदारप्रसक्तानां गतिं विज्ञाय चाशुभाम् ॥ ४३ ॥

मदिरापानमें [illegible] दुरात्मा ब्राह्मणोंकी तथा गुरुपत्नीगामी मनुष्योंकी जो अशुभ गति होती है, उसका भी विचार करे ॥ ४३ ॥

जननीषु च वर्तन्ते ये न सम्यग् युधिष्ठिर।
सदेवकेषु लोकेषु ये न वर्तन्ति मानवाः ॥ [illegible] ॥
तेन ज्ञानेन विज्ञाय गतिं चाशुभकर्मणाम्।
तिर्यग्योनिगतानां च विज्ञाय [illegible] पृथक् ॥ ४५ ॥

युधिष्ठिर! जो मनुष्य माताओं, देवताओं तथा सम्पूर्ण लोकोंके प्रति उत्तम बर्ताव नहीं करते हैं, उनकी दुर्गतिका [illegible] जिससे होता है, उसी ज्ञानसे पापाचारी पुरुषोंकी अधोगति-[illegible] करे तथा तिर्यग्योनिमें पड़े हुए प्राणियोंकी जो विभिन्न गतियाँ होती हैं, उनको भी जान ले ॥ ४४-४५ ॥

वेदवादांस्तथा चित्रानृतूनां पर्ययांस्तथा।
क्षयं संवत्सराणां च मासानां च क्षयं तथा ॥ ४६ ॥
पक्षक्षयं तथा दृष्ट्वा दिवसानां च संक्षयम्।
क्षयं वृद्धिं च चन्द्रस्य दृष्ट्वा प्रत्यक्षतस्तथा ॥ ४७ ॥
वृद्धिं दृष्ट्वा समुद्राणां क्षयं तेषां [illegible] पुनः।
क्षयं धनानां दृष्ट्वा च पुनर्वृद्धिं तथैव च ॥ ४८ ॥

वेदोंके भाँति-भाँतिके विचित्र वचन, ऋतुओंके परिवर्तन [illegible] दिन, [illegible] मास और संवत्सर आदि काल जो प्रतिक्षण बीत रहा है, उसकी ओर भी ध्यान दे। चन्द्रमाकी ह्रास-वृद्धि तो प्रत्यक्ष दिखायी देती है। समुद्रोंका ज्वारभाटा भी प्रत्यक्ष ही है। धनवानोंके [illegible] नाश और नाशके बाद पुनः वृद्धिका [illegible] भी दृष्टिगोचर होता ही रहता है। इन सबको देखकर अपने कर्तव्यका निश्चय करे ॥ ४६–४८ ॥

संयोगानां क्षयं दृष्ट्वा युगानां च विशेषतः।
क्षयं च दृष्ट्वा शैलानां क्षयं च सरितां तथा ॥ ४९ ॥
वर्णानां च क्षयं दृष्ट्वा क्षयान्तं च पुनः पुनः।
जरामृत्युं तथा [illegible] दृष्ट्वा दुःखानि चैव ह ॥ ५० ॥

संयोगोंका, युगोंका, पर्वतोंका और सरिताओंका जो [illegible] होता है, उसपर दृष्टि डाले। वर्णोंका [illegible] और [illegible] अन्त भी बारंबार देखे। जन्म, मृत्यु [illegible]र जरावस्थाके दुःखोंपर दृष्टिपात करे ॥ ४९-५० ॥

देहदोषांस्तथा ज्ञात्वा तेषां दुःखं च तत्त्वतः।
देहविक्लवतां चैव सम्यग् विज्ञाय तत्त्वतः ॥ ५१ ॥

देहके दोषोंको जानकर उनसे मिलनेवाले दुःखका भी यथार्थ [illegible] प्राप्त करे। शरीरकी व्याकुलताको भी ठीक-ठीक जाननेका प्रयत्न करे ॥ ५१ ॥

आत्मदोषांश्च विज्ञाय सर्वानात्मनि संश्रितान्।
स्वदेहादुत्थितान् गन्धांस्तथा विज्ञाय चाशुभान्॥ ५२॥

अपने शरीरमें स्थित जो अपने ही दोष हैं, उन सबको जानकर शरीरसे जो निरन्तर दुर्गन्ध उठती रहती है, उसकी ओर भी ध्यान दे (तथा विरक्त होकर परमात्माका चिन्तन करते हुए भवबन्धनसे मुक्त होनेका प्रयत्न करे) ॥ ५२ ॥

युधिष्ठिर उवाच

कान् स्वगात्रोद्भवान् दोषान् पश्यस्यमितविक्रम।
एतन्मे संशयं कृत्स्नं वक्तुमर्हसि तत्त्वतः ॥ ५३ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—अमितपराक्रमी पितामह ! आपके देखनेमें कौन-कौन-से दोष ऐसे हैं, जो अपने ही शरीरसे उत्पन्न होते हैं ? आप मेरे इस सम्पूर्ण संदेहका यथार्थ-रूपसे समाधान करनेकी कृपा करें ॥ ५३ ॥

भीष्म उवाच

[illegible] दोषान् प्रभो देहे प्रवदन्ति मनीषिणः।
मार्गज्ञाः कापिलाः सांख्याः शृणु तानरिसूदन ॥ ५४ ॥

भीष्मजीने कहा—प्रभो ! शत्रुसूदन ! कपिल-सांख्य-मतके अनुसार चलनेवाले उत्तम मार्गोंके [illegible] मनीषी पुरुष इस देहके भीतर पाँच दोष बतलाते हैं, उन्हें [illegible] हूँ, सुनो ॥ ५४ ॥

कामक्रोधौ भयं निद्रा [illegible] श्वास उच्यते।
एते दोषाः शरीरेषु दृश्यन्ते सर्वदेहिनाम् ॥ ५५ ॥

काम, क्रोध, भय, निद्रा और श्वास—ये पाँच दोष [illegible] देहधारियोंके शरीरोंमें देखे जाते हैं ॥ ५५ ॥

छिन्दन्ति क्षमया क्रोधं कामं संकल्पवर्जनात्।
सत्त्वसंसेवनान्निद्रामप्रमादाद् भयं [illegible] ॥ ५६ ॥
छिन्दन्ति पञ्चमं श्वासमल्पाहारतया नृप ॥ ५७॥

सत्पुरुष क्षमासे क्रोधका, संकल्पके त्यागसे कामका, सत्त्वगुणके सेवनसे निद्राका, प्रमादके त्यागसे भयका तथा अल्पाहारके सेवनद्वारा पाँचवें श्वास-दोषका नाश करते हैं ॥

गुणान् गुणशतैर्ज्ञात्वा दोषान् दोषशतैरपि।
हेतून् हेतुशतैश्चित्रैश्चित्रान् विज्ञाय तत्त्वतः ॥ ५८ ॥
अपां फेनोपमं लोकं विष्णोर्मायाशतैर्वृतम्।
चित्रभित्तिप्रतीकाशं नलसारमनर्थकम् ॥ ५९ ॥
तमः श्वभ्रनिभं दृष्ट्वा वर्षबुद्बुदसंनिभम्।
नाशप्रायं सुखाद्धीनं नाशोत्तरमिहावशम् ॥ ६० ॥
रजस्तमसि सम्मग्नं पङ्के द्विपमिवावशम्।
सांख्या राजन् महाप्राज्ञास्त्यक्त्वा स्नेहं प्रजाकृतम्॥६१॥
ज्ञानयोगेन सांख्येन व्यापिना महता नृप।
राजसानशुभान् गन्धांस्तामसांश्च तथाविधान्॥ ६२ ॥
पुण्यांश्च सात्त्विकान् गन्धान् स्पर्शजान् देहसंश्रितान्।
छित्त्वाऽऽशु ज्ञानशस्त्रेण तपोदण्डेन भारत ॥ ६३ ॥

राजन् ! भरतनन्दन ! महाबुद्धिमान् सांख्यके विद्वान् सैकड़ों गुणोंके द्वारा गुणोंको, सैकड़ों दोषोंके द्वारा दोषोंको तथा सैकड़ों विचित्र हेतुओंसे विचित्र हेतुओंको तत्त्वतः जानकर व्यापक ज्ञानके प्रभावसे संसारको पानीके फेनके समान नश्वर, विष्णुकी सैकड़ों मायाओंसे ढका हुआ, दीवारपर बने हुए चित्रके समान, नरकुलके समान सारहीन, अन्धकारसे भरे हुए गड्ढेकी भाँति भयंकर, वर्षाकालके पानीके बुल्बुलों-के समान क्षणभङ्गुर, सुखहीन, पराधीन, नष्टप्राय तथा कीचड़में फँसे हुए हाथीकी तरह रजोगुण और तमोगुणमें मग्न समझते हैं। इसलिये वे संतान आदिकी आसक्तिको दूर करके तपरूप दण्डसे युक्त विवेकरूपी शस्त्रसे राजस-तामस अशुभ गन्धोंको और सुन्दर शोभनीय सात्त्विक गन्धों-को तथा स्पर्शेन्द्रियके देहाश्रित भोगोंकी आसक्तिको शीघ्र ही काट डालते हैं ॥ ५८—६३ ॥

ततो दुःखोदकं घोरं चिन्ताशोकमहाह्रदम्।
व्याधिमृत्युमहाग्राहं महाभयमहोरगम् ॥ ६४ ॥
तमःकूर्मं रजोमीनं [illegible] संतरन्त्युत।
स्नेहपङ्कं जरादुर्गं ज्ञानद्वीपमरिंदम ॥ ६५ ॥
कर्मागाधं सत्यतीरं स्थितव्रतमरिंदम।
हिंसाशीघ्रमहावेगं नानारससमाकरम् ॥ ६६ ॥
नानाप्रीतिमहारत्नं दुःखज्वरसमीरणम्।
शोकतृष्णामहावर्तं तीक्ष्णव्याधिमहागजम् ॥ ६७ ॥
अस्थिसंघातसंघट्टं श्लेष्मफेनमरिंदम।
दानमुक्ताकरं घोरं शोणितह्रदविद्रुमम् ॥ ६८ ॥
हसितोत्क्रुष्टनिर्घोषं नानाज्ञानसुदुस्तरम्।
रोदनाश्रुमलक्षारं संगत्यागपरायणम्॥ ६९ ॥
पुत्रदारजलौकौघं मित्रबान्धवपत्तनम्।
अहिंसासत्यमर्यादं प्राणत्यागमहोर्मिणम् ॥ ७० ॥
वेदान्तगमनद्वीपं सर्वभूतदयोदधिम्।
मोक्षदुर्लभविषयं वडवामुखसागरम् ॥ ७१ ॥
तरन्ति यतयः सिद्धा ज्ञानयानेन भारत।
तीर्त्वातिदुस्तरं जन्म विशन्ति विमलं नभः ॥ ७२ ॥

शत्रुसूदन ! तदनन्तर वे सिद्ध यति ज्ञानरूपी नौकाके द्वारा उस संसाररूपी घोर सागरको [illegible] जाते हैं, जिसमें दुःखरूपी [illegible] भरा है। चिन्ता और शोकके बड़े-बड़े कुण्ड हैं। नाना प्रकारके रोग और मृत्यु विशाल ग्राहोंके समान हैं। महान् भय ही महानागोंके समान हैं। तमोगुण कछुए और रजोगुण मछलियाँ हैं। स्नेह ही कीचड़ है। बुढ़ापा ही उससे पार होनेमें कठिनाई है। ज्ञान ही उसका द्वीप है। नाना प्रकारके कर्मोंद्वारा वह अगाध बना हुआ है।

ही उसका तीर है। नियम-व्रत आदि स्थिरता है। हिंसा उसका शीघ्रगामी महान् वेग है। वह नाना प्रकारके रसों- भण्डार है। अनेक प्रकारकी प्रीतियाँ ही भवसागरके महारत्न हैं। दुःख और संताप ही वहाँकी वायु है। शोक और तृष्णाकी बड़ी-बड़ी भँवरें उठती रहती हैं। तीव्र व्याधियाँ उसके भीतर रहनेवाले महान् जलहस्ती हैं। हड्डियाँ उसके घाट हैं। पेन हैं। दान मोतियोंकी राशि हैं। रक्त उसके कुण्डमें रहनेवाले मूँगा हैं। हँसना और चिल्लाना ही उस सागरकी गम्भीर गर्जना है। अनेक प्रकारके अज्ञान ही इसे अत्यन्त दुस्तर बनाये हुए हैं। रोदनजनित आँसू ही उसमें मलिन खारे जलके समान हैं। आसक्तियोंका त्याग ही उसमें परम या दूसरा है। स्त्री-पुत्र जोंकके समान हैं। मित्र और बन्धु-बान्धव तटवर्ती नगर हैं। अहिंसा और उसकी सीमा हैं। प्राणोंका परित्याग ही उसकी उत्ताल तरङ्गें हैं। वेदान्तज्ञान द्वीप है। समस्त प्राणियोंके प्रति दया-भाव इसकी जलराशि है। मोक्ष उसमें दुर्लभ विषय है और नाना प्रकारके संताप उस संसारसागरके बड़वानल हैं। भरतनन्दन! उससे पार होकर वे आकाशस्वरूप निर्मल परब्रह्ममें प्रवेश कर जाते हैं॥ ६४-७२॥

तत्र तान् सुकृतीन् सांख्यान् सूर्यो वहति रश्मिभिः।
पद्मतन्तुवदाविश्य विषयान् ॥ ७३॥

राजन्! उन पुण्यात्मा सांख्ययोगी सिद्ध पुरुषोंको अपनी रश्मियोंद्वारा उनमें प्रविष्ट हुआ सूर्य अर्चिमार्गसे उस ब्रह्मलोकमें ले आनेके लिये ऊपरके लोकोंमें उसी प्रकार वहन करता है, जैसे कमलकी नाल सरोवरके जलको खींच लेती है॥

तान् प्रवहो वायुः प्रतिगृह्णाति भारत।
वीतरागान् यतीन् सिद्धान् वीर्ययुक्तांस्तपोधनान्॥७४॥

वहाँ प्रवहनामक वायु-अभिमानी देवता वीतराग शक्तिसम्पन्न सिद्ध तपोधन महापुरुषोंको सूर्य-अभिमानी देवतासे अपने अधिकारमें ले लेता है॥ ७४॥

सूक्ष्मः शीतः सुगन्धी सुखस्पर्शश्च भारत।
सप्तानां मरुतां श्रेष्ठो लोकान् गच्छति यः शुभान्।
स तान् वहति कौन्तेय नभसः परमां गतिम्॥ ७५॥

भरतनन्दन! कुन्तीकुमार! सूक्ष्म, शीतल, सुगन्धित, सुखस्पर्श एवं सातों वायुओंमें श्रेष्ठ जो वायुदेव शुभ लोकों- जाते हैं, वे फिर उन सांख्ययोगियोंको आकाश-की ऊँची स्थितिमें पहुँचा देते हैं॥ ७५॥

नभो वहति लोकेश परमां गतिम्।
रजो वहति राजेन्द्र परमां गतिम्॥ ७६॥
वहति शुद्धात्मन् परं नारायणं प्रभुम्।
प्रभुर्वहति शुद्धात्मा परमात्मानमात्मना॥ ७७॥

परमात्मानमासाद्य तद्भूतायतनामलाः।
अमृतत्वाय कल्पन्ते न निवर्तन्ति वा विभो॥ ७८॥

लोकेश्वर! आकाशाभिमानी देवता उन योगियोंको रजो-गुणकी परमागतितक वहन करता है। अर्थात् तेजोमय विद्युत्-अभिमानी देवताओंके पहुँचा देता है। राजेन्द्र! रजोगुण अर्थात् विद्युदभिमानी देवता उनको सत्यकी परमगतितक अर्थात् जहाँ श्रीनारायणके पार्षदगण उनको लेनेके लिये प्रस्तुत रहते हैं, वहाँतक वहन है। शुद्धात्मन्! वहाँसे सत्त्वगुणयुक्त वे भगवान्‌के पार्षद उनको प्रभु श्रीनारायणके पहुँचा देते हैं। समर्थ राजन्! भगवान् नारायण स्वयं उनको विशुद्ध पर-मात्मामें प्रविष्ट कर देते हैं। परमात्माको पाकर तद्रूप हुए वे निर्मल योगीजन अमृतभावसम्पन्न हो जाते हैं, फिर नहीं लौटते॥

सा गतिः पार्थ निर्द्वन्द्वानां महात्मनाम्।
सत्यार्जवरतानां वै सर्वभूतदयावताम्॥ ७९॥

कुन्तीकुमार! जो सब प्रकारके द्वन्द्वोंसे रहित, सत्यवादी, सरल तथा सम्पूर्ण प्राणियोंपर दया करनेवाले हैं, उन महात्माओंको वही परमगति मिलती है॥ ७९॥

युधिष्ठिर उवाच

स्थानमुत्तममासाद्य भगवन्तं स्थिरव्रताः।
आजन्ममरणं ते स्मरन्त्युत न वानघ॥ ८०॥
यदत्र तथ्यं तन्मे त्वं यथावद् वक्तुमर्हसि।
त्वदृते पुरुषं नान्यं प्रष्टुमर्हामि कौरव॥ ८१॥

युधिष्ठिरने पूछा—निष्पाप पितामह! स्थिरतापूर्वक श्रेष्ठ व्रतका पालन करनेवाले वे सांख्ययोगी महात्मा भगवान् नारायणको एवं उत्तम परमात्मपद (मोक्ष) को लेनेपर अपने जन्मसे लेकर मृत्युतकके बीते हुए वृत्तान्तको फिर कभी याद करते हैं नहीं। (मोक्षावस्थामें विशेष-विशेष बातोंका रहता है या नहीं। यही मेरा प्रश्न है।) इस विषयमें जो तथ्य बात है, उसे आप यथार्थरूपसे बतानेकी करें। कुरुनन्दन! आपके सिवा दूसरे किसी पुरुषसे मैं ऐसा प्रश्न नहीं कर सकता॥ ८०-८१॥

मोक्षे दोषो महानेष प्राप्य सिद्धिं गतानृषीन्।
यदि विज्ञाने वर्तन्ते यतयः परे॥ ८२॥
प्रवृत्तिलक्षणं धर्मं पश्यामि परमं नृप।
मग्नस्य हि परे ज्ञाने किं नु दुःखतरं भवेत्॥ ८३॥

सिद्धावस्थाको ऋषियोंके लिये मोक्षमें यह एक बड़ा दोष प्रतीत होता है। वह यह कि यदि मोक्ष प्राप्त होनेपर भी वे यतिलोग विशेष ज्ञानमें ही विचरण करते हैं अर्थात् उनको पहलेकी स्मृति रहती है, तब तो प्रवृत्तिरूप धर्मको ही सर्वश्रेष्ठ समझता। यदि कहें, मुक्तावस्थामें विशेष विज्ञानका अनुभव नहीं होता तो परम ज्ञानमें डूब जानेपर

विशेष जानकारीका अभाव हो जाता है, इससे बढ़कर दुःख और क्या हो [illegible] है ? ॥ ८२-८३ ॥

भीष्म उवाच

यथान्यायं त्वया तात प्रश्नः पृष्टः सुसंकटः ।
बुधानामपि सम्मोहः प्रश्नेऽस्मिन् भरतर्षभ ॥ ८४ ॥

भीष्मजीने कहा—तात ! भरतश्रेष्ठ ! तुमने यथोचित रीतिसे यह बहुत [illegible] जटिल प्रश्न उपस्थित किया । [illegible] प्रश्न-पर विचार करते समय बड़े-बड़े विद्वान् भी मोहित हो जाते हैं॥

अत्रापि तत्त्वं परमं शृणु सम्यङ्मयेरितम् ।
बुद्धिश्च परमा यत्र कापिलानां महात्मनाम् ॥ ८५ ॥

इस विषयमें भी जो परम तत्त्व है, उसे [illegible] भलीभाँति बता रहा हूँ, सुनो । यहाँ कपिलजीके द्वारा प्रतिपादित सांख्य-[illegible] अनुसरण करनेवाले महात्मा पुरुषोंका जो [illegible] विचार है, वही प्रस्तुत किया जाता है ॥ ८५ ॥

इन्द्रियाण्येव बुध्यन्ते स्वदेहे देहिनां नृप ।
कारणान्यात्मनस्तानि सूक्ष्मः पश्यति तैस्तु सः ॥ ८६ ॥

नरेश्वर ! देहधारियोंके अपने-अपने शरीरमें जो इन्द्रियाँ हैं, वे ही विशेष-विशेष विषयोंको देखती या अनुभव करती हैं; वे ही आत्माको विभिन्न ज्ञान करानेमें कारण हैं; क्योंकि [illegible] सूक्ष्म [illegible] उन इन्द्रियोंद्वारा ही बाह्य विषयोंका दर्शन या प्रकाशन करता है (मुक्तावस्थामें [illegible] और इन्द्रियोंसे सम्बन्ध न रहनेके कारण ही उसमें इन्द्रियजनित विशेष ज्ञानका अभाव देखा जाता है) ॥ ८६ ॥

आत्मना विप्रहीणानि काष्ठकुड्यसमानि तु ।
विनश्यन्ति न संदेहः फेना इव महार्णवे ॥ ८७ ॥

जैसे महासागरमें उठे हुए फेन [illegible] हो जाते हैं, उसी प्रकार जीवात्मासे परित्यक्त होनेपर मनुष्यकी काठ और दीवारकी भाँति जड इन्द्रियाँ प्रकृतिमें विलीन हो जाती हैं, इसमें संदेह नहीं है ॥ ८७ ॥

इन्द्रियैः [illegible] सुप्तस्य देहिनः शत्रुतापन ।
सूक्ष्मश्चरति सर्वत्र नभसीव समीरणः ॥ ८८ ॥

शत्रुओंको ताप देनेवाले नरेश ! जब शरीरधारी प्राणी इन्द्रियोंसहित निद्रित हो जाता है, [illegible] उसका सूक्ष्मशरीर आकाशमें वायुके समान सर्वत्र विचरण करने लगता है अर्थात् स्वप्न देखने लगता है ॥ ८८ ॥

स पश्यति यथान्यायं स्पर्शान् स्पृशति वा विभो ।
बुध्यमानो यथापूर्वमखिलेनेह भारत ॥ ८९ ॥

प्रभो ! भरतनन्दन ! वह जाग्रत्-अवस्थाकी भाँति स्वप्नमें भी यथोचित रीतिसे दृश्य वस्तुओंको देखता है तथा स्पृश्य पदार्थोंका स्पर्श करता है । सारांश [illegible] कि सम्पूर्ण विषयोंका वह जाग्रत्के समान ही अनुभव करता है ॥ ८९ ॥

इन्द्रियाणीह सर्वाणि स्वे स्वे स्थाने यथाविधि ।
अनीशत्वात् प्रलीयन्ते सर्पा हतविषा [illegible] ॥ ९० ॥

फिर सुषुप्ति-अवस्था होनेपर विषय-ज्ञानमें असमर्थ हुई सम्पूर्ण इन्द्रियाँ अपने-अपने स्थानमें उसी प्रकार विधिवत् लीन हो जाती हैं, [illegible] विषहीन सर्प (भयसे) छिपे रहते हैं ॥ ९० ॥

इन्द्रियाणां [illegible] सर्वेषां स्वस्थानेष्वेव सर्वशः ।
आक्रम्य गतयः सूक्ष्माश्चरत्यात्मा न संशयः ॥ ९१ ॥

स्वप्नावस्थामें अपने-अपने स्थानोंमें स्थित हुई सम्पूर्ण इन्द्रियोंकी [illegible] गतियोंको आक्रान्त करके जीवात्मा सूक्ष्म विषयोंमें विचरण [illegible] है, इसमें संदेह नहीं है ॥ ९१ ॥

सत्त्वस्य च गुणान् कृत्स्नान् रजसश्च गुणान् पुनः ।
गुणांश्च [illegible] सर्वान् गुणान् बुद्धेश्च भारत ॥ ९२ ॥
गुणांश्च मनसश्चापि नभसश्च गुणांश्च सः ।
गुणान् वायोश्च धर्मात्मंस्तेजसश्च गुणान् पुनः ॥ ९३ ॥
[illegible] गुणांस्तथा पार्थ पार्थिवांश्च गुणानपि ।
सर्वाण्येव गुणैर्व्याप्य क्षेत्रज्ञेषु युधिष्ठिर ॥ ९४ ॥
मनोऽनु याति क्षेत्रज्ञं कर्मणी च शुभाशुभे ।
शिष्या [illegible] महात्मानमिन्द्रियाणि [illegible] तं प्रभो ॥ ९५ ॥
प्रकृतिं चाप्यतिक्रम्य गच्छत्यात्मानमव्ययम् ।
परं नारायणात्मानं निर्द्वन्द्वं प्रकृतेः परम् ॥ ९६ ॥

भरतनन्दन ! धर्मात्मा राजा युधिष्ठिर ! परब्रह्म परमात्मा सात्त्विक, राजस और [illegible] गुणोंको एवं बुद्धि, मन, [illegible] वायु, तेज, जल और पृथ्वी—इन सबके सम्पूर्ण गुणोंको [illegible] [illegible] सब वस्तुओंको भी अपने गुणोंद्वारा व्याप्त करके सभी क्षेत्रज्ञों (जीवात्माओं) में स्थित हैं, प्रभो ! जैसे शिष्य अपने गुरुके पीछे चलते हैं, उसी प्रकार मन, इन्द्रियाँ और शुभाशुभ कर्म भी उस जीवात्माके पीछे-पीछे चलते हैं । जब जीवात्मा इन्द्रियों और प्रकृतिको भी लाँघकर जाता है, तब उस नारायणस्वरूप अविनाशी परमात्माको [illegible] हो जाता है, जो द्वन्द्वरहित और मायासे अतीत है ॥ ९२-९६ ॥

विमुक्तः पुण्यपापेभ्यः प्रविष्टस्तमनामयम् ।
परमात्मानमगुणं न निवर्तति भारत ॥ ९७ ॥

भारत ! पुण्य-पापसे रहित हुआ सांख्ययोगी मुक्त होकर जब उन्हीं निर्गुण-निर्विकार नारायणस्वरूप परमात्मामें प्रविष्ट हो जाता है, फिर वह इस संसारमें नहीं लौटता है ॥ ९७ ॥

शिष्टं तत्र मनस्तात इन्द्रियाणि च भारत ।
आगच्छन्ति यथाकालं गुरोः संदेशकारिणः ॥ ९८ ॥

भरतनन्दन ! इस प्रकार जीवन्मुक्त पुरुषका आत्मा तो परमात्मामें मिल जाता है, परंतु प्रारब्धवश जबतक शरीर रहता है, तबतक उसके मन और इन्द्रियाँ शेष रहते हैं और गुरुके आदेश पालन करनेवाले शिष्योंके समान यथा-समय यहाँ गमनागमन करते हैं ॥ ९८ ॥

शक्यं चाल्पेन कालेन शान्तिं प्राप्तुं गुणार्थिना ।
एवमुक्तेन कौन्तेय युक्तज्ञानेन मोक्षिणा ॥ ९९ ॥

कुन्तीनन्दन ! इस [illegible] बताये हुए ज्ञानसे [illegible] मोक्षाधिकारी तथा आध्यात्मिक उन्नतिकी अभिलाषा रखनेवाला पुरुष थोड़े ही समयमें परम शान्ति [illegible] कर सकता है॥

सांख्या राजन् महाप्राज्ञा गच्छन्ति परमां गतिम्।
ज्ञानेनानेन कौन्तेय तुल्यं ज्ञानं न विद्यते ॥१००॥

राजन् ! कुन्तीकुमार ! महाज्ञानी सांख्ययोगी ऊपर बताये हुए इसी परमगतिको प्राप्त होते हैं। [illegible] ज्ञानके समान दूसरा कोई ज्ञान नहीं है ॥ १०० ॥

अत्र ते संशयो मा भूज्ज्ञानं सांख्यं परं मतम्।
अक्षरं ध्रुवमेवोक्तं पूर्णं ब्रह्म सनातनम् ॥१०१॥

सांख्यज्ञान सबसे [illegible] माना गया है। इस विषयमें तुम्हें तनिक भी संशय नहीं होना चाहिये। इसमें [illegible] ध्रुव एवं पूर्ण सनातन ब्रह्मका ही प्रतिपादन हुआ है ॥१०१॥

अनादिमध्यनिधनं निर्द्वन्द्वं कर्तृ शाश्वतम्।
कूटस्थं चैव नित्यं च यद् वदन्ति मनीषिणः ॥१०२॥

वह [illegible] आदि, मध्य और अन्तसे रहित, निर्द्वन्द्व, जगत्‌की उत्पत्तिका हेतुभूत, [illegible] कूटस्थ और नित्य है, ऐसा मनीषी पुरुष कहते हैं ॥ १०२ ॥

यतः सर्वाः प्रवर्तन्ते सर्गप्रलयविक्रियाः।
यच्च शंसन्ति शास्त्रेषु वदन्ति परमर्षयः ॥१०३॥

संसारकी सृष्टि और प्रलयरूप सारे विकार उसीसे सम्भव [illegible]। महर्षि अपने शास्त्रोंमें उसीकी प्रशंसा करते हैं ॥१०३॥

[illegible] विप्राश्च देवाश्च तथा शमविदो जनाः।
ब्रह्मण्यं परमं देवमनन्तं परमच्युतम् ॥१०४॥
प्रार्थयन्तश्च तं विप्रा वदन्ति गुणबुद्धयः।
सम्यग्युक्तास्तथा योगाः सांख्याश्चामितदर्शनाः ॥१०५॥

समस्त ब्राह्मण, देवता और शान्तिका अनुभव करनेवाले लोग उसी अनन्त, अच्युत, ब्राह्मणहितैषी तथा परमदेव परमात्माकी स्तुति-प्रार्थना करते हैं। उनके गुणोंका चिन्तन करते हुए उनकी महिमाका गान करते हैं। योगमें उत्तम सिद्धिको प्राप्त हुए योगी तथा अपार ज्ञानवाले सांख्यवेत्ता पुरुष भी उसीके गुण गाते हैं ॥ १०४-१०५ ॥

अमूर्तेस्तस्य कौन्तेय सांख्यं मूर्तिरिति श्रुतिः।
अभिज्ञानानि तस्याहुर्मतं हि भरतर्षभ ॥१०६॥

कुन्तीनन्दन ! ऐसी प्रसिद्धि है कि यह सांख्यशास्त्र ही [illegible] निराकार परमात्माका आकार है। भरतश्रेष्ठ ! जितने ज्ञान हैं, वे सब सांख्यकी ही मान्यताका प्रतिपादन करते हैं ॥

द्विविधानीह भूतानि पृथिव्यां पृथिवीपते।
जङ्गमागमसंज्ञानि जङ्गमं [illegible] विशिष्यते ॥१०७॥

पृथ्वीनाथ ! इस भूतलपर स्थावर और जङ्गम—दो प्रकार[illegible] प्राणी उपलब्ध होते हैं। उनमें भी जङ्गम ही श्रेष्ठ है ॥१०७॥

ज्ञानं महद् यद्धि महत्सु राजन्
वेदेषु सांख्येषु तथैव योगे।
यच्चापि दृष्टं विविधं पुराणे
सांख्यागतं तन्निखिलं नरेन्द्र ॥१०८॥

राजन् ! नरेश्वर ! महात्मा पुरुषोंमें, वेदोंमें, सांख्यों (दर्शनों) में, योगशास्त्रमें तथा पुराणोंमें जो नाना प्रकारका उत्तम ज्ञान देखा जाता है, वह सब सांख्यसे [illegible] आया हुआ है ॥ १०८ ॥

यच्चेतिहासेषु महत्सु दृष्टं
यच्चार्थशास्त्रे नृप शिष्टजुष्टे।
ज्ञानं च लोके यदिहास्ति किंचित्
सांख्यागतं तच्च महन्महात्मन् ॥१०९॥

नरेश ! महात्मन् ! बड़े-बड़े इतिहासोंमें, सत्पुरुषोंद्वारा सेवित अर्थशास्त्रमें तथा [illegible] संसारमें जो [illegible] भी महान् ज्ञान देखा गया है, वह [illegible] सांख्यसे ही प्राप्त हुआ है ॥ १०९ ॥

शमश्च दृष्टः परमं बलं च
ज्ञानं च सूक्ष्मं च यथावदुक्तम्।
तपांसि सूक्ष्माणि सुखानि चैव
सांख्ये यथावद् विहितानि राजन् ॥११०॥

राजन् ! प्रत्यक्ष प्राप्त मन और इन्द्रियोंका संयम, [illegible] बल, सूक्ष्मज्ञान तथा परिणाममें [illegible] देनेवाले जो सूक्ष्म [illegible] बतलाये गये हैं, [illegible] सबका सांख्यशास्त्रमें यथावत् वर्णन किया गया है ॥ ११० ॥

विपर्यये तस्य हि पार्थ देवान्
गच्छन्ति सांख्याः सततं सुखेन।
तांश्चानुसंचार्य ततः कृतार्थाः
पतन्ति विप्रेषु यतेषु भूयः ॥१११॥

कुन्तीकुमार ! यदि साधनमें कुछ त्रुटि रह जानेके कारण सांख्यका सम्यक् ज्ञान [illegible] नहीं हुआ हो तो भी सांख्ययोगके साधक देवलोकमें अवश्य जाते हैं और वहाँ निरन्तर सुखसे रहते हुए देवताओंका आधिपत्य पाकर कृतार्थ हो जाते हैं। तदनन्तर पुण्यक्षयके पश्चात् वे इस लोकमें आकर पुनः साधनके लिये यत्नशील ब्राह्मणोंके यहाँ जन्म ग्रहण करते हैं॥

हित्वा च देहं प्रविशन्ति देवं
दिवौकसो द्यामिव पार्थ सांख्याः।
अतोऽधिकं तेऽभिरता महार्हे
सांख्ये द्विजाः पार्थिव शिष्टजुष्टे ॥११२॥

पार्थ ! सांख्यज्ञानी शरीर-त्यागके पश्चात् परमदेव परमात्मामें उसी प्रकार प्रवेश कर जाते हैं, जैसे देवता स्वर्गमें। पृथ्वीनाथ ! अतः शिष्ट पुरुषोंद्वारा सेवित परम पूजनीय सांख्यशास्त्रमें वे सभी द्विज अधिक अनुरक्त रहते हैं ॥ ११२॥

तेषां न तिर्यग्गमनं हि दृष्टं
नार्वाग्गतिः पापकृताधिवासः।
न वा प्रधाना अपि ते द्विजातयो
ये ज्ञानमेतन्नृपतेऽनुरक्ताः ॥११३॥

राजन्! जो इस सांख्य-ज्ञानमें अनुरक्त हैं, वे ही [illegible] प्रधान हैं, [illegible] उन्हें मृत्युके पश्चात् कभी पशु-पक्षी आदिकी योनिमें जाना पड़ा हो, ऐसा नहीं देखा गया है। वे कभी नरकादि अधोगतिको भी नहीं प्राप्त होते हैं तथा उन्हें पापाचारियोंके बीचमें भी नहीं रहना पड़ता है ॥ ११३ ॥

सांख्यं विशालं परमं पुराणं
महार्णवं विमलमुदारकान्तम्।
कृत्स्नं च सांख्यं नृपते महात्मा
नारायणो धारयतेऽप्रमेयम् ॥ ११४ ॥

सांख्यका ज्ञान अत्यन्त विशाल और परम प्राचीन है। यह महासागरके समान अगाध, निर्मल, उदार भावोंसे परिपूर्ण और अतिसुन्दर है। नरनाथ! परमात्मा भगवान् नारायण इस सम्पूर्ण अप्रमेय सांख्य-ज्ञानको पूर्णरूपसे धारण करते हैं ॥ ११४ ॥

एतन्मयोक्तं नरदेव तत्त्वं
नारायणो विश्वमिदं पुराणम्।
स सर्गकाले च करोति सर्गं
संहारकाले च तदत्ति भूयः ॥ ११५ ॥
संहृत्य सर्वं निजदेहसंस्थं
कृत्वाप्सु शेते जगदन्तरात्मा ॥ ११६ ॥

नरदेव! यह मैंने तुमसे सांख्यका तत्त्व बतलाया है। इस पुरातन विश्वके रूपमें साक्षात् भगवान् नारायण ही सर्वत्र विराजमान हैं। वे ही सृष्टिके समय जगत्की सृष्टि और संहारकालमें उसको अपनेमें विलीन कर लेते हैं। इस प्रकार जगत्को अपने शरीरके भीतर ही स्थापित करके वे जगत्के अन्तरात्मा भगवान् नारायण एकार्णवके जलमें शयन करते हैं ॥ ११५-११६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि सांख्यकथने एकाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०१ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें सांख्यतत्त्वका वर्णनविषयक तीन सौ एकवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०१ ॥

द्व्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

वसिष्ठ और करालजनकका संवाद—क्षर और अक्षरतत्त्वका निरूपण और इनके ज्ञानसे मुक्ति

युधिष्ठिर उवाच

[illegible] तदक्षरमित्युक्तं यस्मान्नावर्तते पुनः।
किं च तत्क्षरमित्युक्तं यस्मादावर्तते पुनः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! वह अक्षर तत्त्व [illegible] है, जिसे [illegible] कर लेनेपर जीव फिर इस संसारमें नहीं लौटता [illegible] पदार्थ [illegible] है, जिसको जानने या पा लेनेपर भी पुनः इस संसारमें लौटना पड़ता है? ॥ [illegible] ॥

अक्षरक्षरयोर्व्यक्तिं पृच्छाम्यरिनिषूदन।
उपलब्धुं महाबाहो तत्त्वेन कुरुनन्दन ॥ २ ॥

शत्रुसूदन! महाबाहु! कुरुनन्दन! क्षर और अक्षरके स्वरूपको स्पष्टरूपसे समझनेके लिये [illegible] मैंने आपसे यह प्रश्न किया है ॥ २ ॥

त्वं हि ज्ञाननिधिर्विप्रैरुच्यसे वेदपारगैः।
ऋषिभिश्च महाभागैर्यतिभिश्च महात्मभिः ॥ ३ ॥

वेदोंके पारङ्गत विद्वान् [illegible] महाभाग महर्षि तथा महात्मा यति भी आपको ज्ञाननिधि कहते हैं ॥ ३ ॥

शेषमल्पं दिनानां ते दक्षिणायनभास्करे।
आवृत्ते भगवत्यर्के गन्तासि परमां गतिम् ॥ [illegible] ॥

अब सूर्यके दक्षिणायनमें रहनेके थोड़े ही दिन शेष हैं। भगवान् सूर्यके उत्तरायणमें पदार्पण करते ही [illegible] परमधामको पधारेंगे ॥ ४ ॥

त्वयि प्रतिगते श्रेयः कुतः श्रोष्यामहे वयम्।
कुरुवंशप्रदीपस्त्वं ज्ञानदीपेन दीप्यसे ॥ ५ ॥

आपके चले जानेपर हमलोग अपने कल्याणकी बातें किससे सुनेंगे? आप कुरुवंशको प्रकाशित करनेवाले प्रदीप हैं और ज्ञानदीपसे उद्भासित हो रहे [illegible] ॥ ५ ॥

तदेतच्छ्रोतुमिच्छामि त्वत्तः कुरुकुलोद्वह।
न तृप्यामीह राजेन्द्र शृण्वन्नमृतमीदृशम् ॥ ६ ॥

अतः कुरुकुलधुरन्धर! राजेन्द्र! मैं आपहीके मुँहसे यह सब सुनना चाहता हूँ। आपके इन अमृतमय वचनोंको सुनकर मुझे तृप्ति नहीं होती है (अतएव आप मुझे यह क्षर-अक्षरका विषय बताइये।) ॥ ६ ॥

भीष्म उवाच

[illegible] ते वर्तयिष्यामि इतिहासं पुरातनम्।
वसिष्ठस्य च संवादं करालजनकस्य च ॥ ७ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! इस विषयमें कराल नामक जनक और वसिष्ठका जो संवाद हुआ था, वही प्राचीन इतिहास [illegible] तुम्हें बतलाऊँगा ॥ [illegible] ॥

वसिष्ठं श्रेष्ठमासीनमृषीणां भास्करद्युतिम्।
[illegible] जनको राजा ज्ञानं नैःश्रेयसं परम् ॥ ८ ॥

एक समयकी बात है, ऋषियोंमें सूर्यके समान तेजस्वी मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ अपने आश्रमपर विराजमान थे। वहाँ राजा जनकने पहुँचकर उनसे परम कल्याणकारी ज्ञानके विषयमें पूछा ॥ ८ ॥

परमध्यात्मकुशलमध्यात्मगतिनिश्चयम्।
मैत्रावरुणिमासीनमभिवाद्य कृताञ्जलिः ॥ ९ ॥
स्वक्षरं प्रश्रितं वाक्यं मधुरं चाप्यनुल्बणम्।
पप्रच्छर्षिवरं राजा करालजनकः पुरा ॥ १० ॥

महर्षि वशिष्ठका राजा करालजनकको उपदेश

मित्रावरुणके पुत्र वसिष्ठजी अध्यात्मविषयक प्रवचनमें अत्यन्त कुशल थे और उन्हें अध्यात्मज्ञानका निश्चय हो गया था। वे एक आसनपर विराजमान थे। पूर्वकालमें [illegible] नामक राजा जनकने उन मुनिवरके पास जा हाथ जोड़कर प्रणाम किया और सुन्दर अक्षरोंसे युक्त विनयपूर्ण तथा कुतर्करहित मधुर वाणीमें इस प्रकार पूछा—॥ ९-१० ॥

भगवञ्छ्रोतुमिच्छामि परं ब्रह्म सनातनम्।
यस्मान्न पुनरावृत्तिमाप्नुवन्ति मनीषिणः ॥ ११ ॥

'भगवन्! जहाँसे मनीषी पुरुष पुनः इस संसारमें लौटकर नहीं आते हैं, [illegible] सनातन परब्रह्मके स्वरूपका [illegible] वर्णन सुनना चाहता हूँ ॥ ११ ॥

[illegible] तत् क्षरमित्युक्तं यत्रेदं क्षरते जगत्।
यच्चाक्षरमिति प्रोक्तं शिवं क्षेम्यमनामयम् ॥ १२ ॥

'तथा जिसे क्षर कहा गया है, उसे भी जानना चाहता हूँ। जिसमें इस जगत्का [illegible] (लय) होता है और जिसे अक्षर कहा गया है, [illegible] निर्विकार कल्याणमय शिवस्वरूप अधिष्ठानका भी [illegible] प्राप्त करना चाहता हूँ' ॥ १२ ॥

वसिष्ठ उवाच

श्रूयतां पृथिवीपाल क्षरतीदं यथा जगत्।
यन्न क्षरति पूर्वेण यावत्कालेन चाप्यथ ॥ १३ ॥

वसिष्ठजीने कहा—भूपाल! जिस प्रकार इस जगत्का क्षय (परिवर्तन) होता है, उसको तथा जो किसी भी कालमें क्षरित (नष्ट) नहीं होता, उस अक्षरको भी बता रहा हूँ, सुनो ॥ १३ ॥

युगं द्वादशसाहस्रं कल्पं विद्धि चतुर्युगम्।
दशकल्पशतावृत्तमहस्तद् ब्राह्ममुच्यते ॥ १४ ॥

देवताओंके बारह हजार वर्षोंका एक चतुर्युग होता है। इसीको कल्प अर्थात् महायुग समझो। ऐसे एक हजार महायुगोंका ब्रह्माजीका एक दिन बताया जाता है ॥ १४ ॥

रात्रिश्चैतावती राजन् यस्यान्ते प्रतिबुद्ध्यते।
सृजत्यनन्तकर्माणं महान्तं भूतमग्रजम् ॥ १५ ॥
मूर्तिमन्तममूर्तात्मा विश्वं शम्भुः स्वयम्भुवः।
अणिमा लघिमा प्राप्तिरीशानं ज्योतिरव्ययम् ॥ १६ ॥
सर्वतःपाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्।
सर्वतःश्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ १७ ॥

राजन्! उनकी रात्रि भी इतनी ही बड़ी होती है; जिसके अन्तमें वे जागते हैं। अनन्तकर्मा ब्रह्माजी सबके अग्रज और महान् भूत हैं। यह सम्पूर्ण विश्व उन्हींका स्वरूप है। जो अणिमा, लघिमा और प्राप्ति आदि सिद्धियोंपर शासन करनेवाले हैं, वे कल्याणस्वरूप निराकार परमेश्वर ही उन मूर्तिमान् ब्रह्माकी सृष्टि करते हैं। परमात्मा ज्योतिःस्वरूप स्वयं प्रकट और अविनाशी हैं। उनके हाथ, पैर, नेत्र, मस्तक और मुख सब ओर हैं। कान भी सब ओर हैं। वे संसारमें सबको व्याप्त करके स्थित हैं ॥ १५-१७ ॥

हिरण्यगर्भो भगवानेष बुद्धिरिति स्मृतः।
महानिति च योगेषु विरिञ्चिरिति चाप्यजः ॥ १८ ॥

परमेश्वरसे उत्पन्न जो सबके अग्रज भगवान् हिरण्यगर्भ हैं, वे ही बुद्धि कहे गये हैं। योगशास्त्रमें ये ही महान् कहे गये हैं। इन्हींको विरिञ्चि तथा अज भी कहते हैं ॥ १८ ॥

सांख्ये च पठ्यते शास्त्रे नामभिर्बहुधात्मकः।
विचित्ररूपो विश्वात्मा एकाक्षर इति स्मृतः ॥ १९ ॥
वृतं नैकात्मकं येन कृतं त्रैलोक्यमात्मना।
तथैव बहुरूपत्वाद् विश्वरूप इति स्मृतः ॥ २० ॥

अनेक नाम और रूपोंसे युक्त इन हिरण्यगर्भ [illegible] सांख्यशास्त्रमें भी वर्णन आता है। ये विचित्र रूपधारी, विश्वात्मा और एकाक्षर कहे गये हैं। इस अनेक रूपोंवाली त्रिलोकीकी रचना उन्होंने ही की है और स्वयं ही इसे व्याप्त कर रक्खा है। इस प्रकार बहुत-से रूप धारण करनेके [illegible] वे विश्वरूप माने गये हैं ॥ १९-२० ॥

एष वै विक्रियापन्नः सृजत्यात्मानमात्मना।
अहङ्कारं महातेजाः प्रजापतिमहंकृतम् ॥ २१ ॥

ये महातेजस्वी भगवान् हिरण्यगर्भ विकारको प्राप्त हो [illegible] ही अहंकारकी और उसके अभिमानी प्रजापति विराट्की सृष्टि करते हैं ॥ २१ ॥

अव्यक्ताद् व्यक्तमापन्नं विद्यासर्गं वदन्ति तम्।
महान्तं चाप्यहङ्कारमविद्यासर्गमेव च ॥ २२ ॥

इनमें निराकारसे साकार रूपमें प्रकट होनेवाली मूल प्रकृतिको तो विद्यासर्ग कहते हैं और महत्तत्त्व एवं अहंकारको अविद्यासर्ग कहते हैं ॥ २२ ॥

अविधिश्च विधिश्चैव समुत्पन्नौ तथैकतः।
विद्याविद्येति विख्याते श्रुतिशास्त्रार्थचिन्तकैः ॥ २३ ॥

अविधि (ज्ञान) और विधि (कर्म) की उत्पत्ति भी उस परमात्मासे ही हुई है। श्रुति तथा शास्त्रके अर्थका विचार करनेवाले विद्वानोंने उन्हें विद्या और अविद्या बतलाया है ॥

भूतसर्गमहङ्कारात् तृतीयं विद्धि पार्थिव।
अहङ्कारेषु सर्वेषु चतुर्थं विद्धि वैकृतम् ॥ २४ ॥

पृथ्वीनाथ! अहंकारसे जो सूक्ष्म भूतोंकी सृष्टि होती है, उसे तीसरा सर्ग समझो। सात्त्विक, राजस और [illegible] भेदसे तीन प्रकारके अहंकारोंसे जो चौथी सृष्टि उत्पन्न होती है, उसे वैकृत-सर्ग समझो ॥ २४ ॥

वायुर्ज्योतिरथाकाशमापोऽथ पृथिवी तथा।
शब्दः स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धस्तथैव च ॥ २५ ॥

आकाश, वायु, तेज, [illegible] और पृथ्वी—ये पाँच महाभूत तथा शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये पाँच विषय वैकृत-सर्गके अन्तर्गत हैं ॥ २५ ॥

एवं युगपदुत्पन्नं दशवर्गमसंशयम्।

पञ्चमं विद्धि राजेन्द्र भौतिकं सर्गमर्थवत् ॥ २६ ॥

इन दसोंकी उत्पत्ति एक ही साथ होती है, इसमें [illegible] नहीं है। राजेन्द्र ! पाँचवाँ भौतिक सर्ग समझो। जो प्राणियोंके लिये विशेष प्रयोजनीय होनेके कारण सार्थक है ॥ २६ ॥

श्रोत्रं त्वक् चक्षुषी जिह्वा घ्राणमेव च पञ्चमम्।
वाक् च हस्तौ च पादौ [illegible] पायुर्मेढ्रं तथैव च ॥२७॥
बुद्धीन्द्रियाणि चैतानि तथा कर्मेन्द्रियाणि च।
सम्भूतानीह युगपन्मनसा सह पार्थिव ॥ २८ ॥

इस भौतिक सर्गके अन्तर्गत आँख, कान, नाक, त्वचा और जिह्वा—ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ तथा वाणी, हाथ, पैर, गुदा और लिङ्ग—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। पृथ्वीनाथ ! मनसहित इन सबकी उत्पत्ति भी एक ही साथ होती है ॥ २७-२८ ॥

एषा तत्त्वचतुर्विंशा सर्वाकृतिषु वर्तते।
यां ज्ञात्वा नाभिशोचन्ति ब्राह्मणास्तत्त्वदर्शिनः॥ २९ ॥

ये चौबीस तत्त्व सम्पूर्ण प्राणियोंके शरीरोंमें मौजूद रहते हैं। तत्त्वदर्शी ब्राह्मण इनके यथार्थ स्वरूपको जानकर कभी शोक नहीं करते हैं ॥ २९ ॥

एतद् देहं समाख्यातं त्रैलोक्ये सर्वदेहिषु।
वेदितव्यं नरश्रेष्ठ सदेवनरदानवे ॥ ३० ॥
सयक्षभूतगन्धर्वे सकिंनरमहोरगे।
सचारणपिशाचे वै सदेवर्षिनिशाचरे ॥ ३१ ॥
सदंशकीटमशके सपूतिकृमिमूषिके।
शुनि श्वपाके चैणेये सचाण्डाले सपुल्कसे ॥ ३२ ॥
हस्त्यश्वखरशार्दूले सवृक्षे गवि चैव ह।
यच्च मूर्तिमयं किंचित् सर्वत्रैतन्निदर्शनम् ॥ ३३ ॥

नरश्रेष्ठ ! तीनों लोकोंमें जितने देहधारी हैं, उन सबमें इन्हीं तत्त्वोंके समुदायको देह समझना चाहिये। देवता, मनुष्य, दानव, यक्ष, भूत, गन्धर्व किंनर, महासर्प, चारण, पिशाच, देवर्षि, निशाचर, दंश (डंक मारनेवाली मक्खी), कीट, मच्छर, दुर्गन्धित कीड़े, चूहे, कुत्ते, चाण्डाल, हिरन, श्वपाक (कुत्ताका मास खानेवाला), पुल्कस (म्लेच्छ), हाथी, घोड़े, गधे, सिंह, वृक्ष और गौ आदिके रूपमें जो कुछ मूर्तिमान् पदार्थ है, सर्वत्र इन्हीं तत्त्वोंका दर्शन होता है ॥ ३०–३३ ॥

जले भुवि तथाऽऽकाशे नान्यत्रेति विनिश्चयः।
स्थानं देहवतामासीदित्येवमनुशुश्रुम ॥ ३४ ॥

पृथ्वी, [illegible] और आकाशमें ही देहधारियोंका निवास है, और कहीं नहीं; यह विद्वानोंका निश्चय है। ऐसा मैंने सुन रक्खा है ॥ ३४ ॥

कृत्स्नमेतावतस्तात क्षरते व्यक्तसंज्ञितम्।
अहन्यहनि भूतात्मा [illegible] क्षर इति स्मृतः ॥ ३५ ॥

हे तात ! यह सम्पूर्ण पाञ्चभौतिक जगत् व्यक्त कहलाता है और प्रतिदिन इसका क्षरण होता है, इसलिये इसको क्षर कहते हैं ॥ ३५ ॥

एतदक्षरमित्युक्तं क्षरतीदं [illegible] जगत्।
जगन्मोहात्मकं प्राहुरव्यक्ताद् व्यक्तसंज्ञकम् ॥ ३६ ॥

इससे भिन्न जो तत्त्व है, उसे अक्षर कहा गया है। इस प्रकार उस अव्यक्त अक्षरसे उत्पन्न हुआ यह व्यक्तसंज्ञक मोहात्मक जगत् क्षरित होनेके कारण क्षर नाम धारण करता है ॥ ३६ ॥

महांश्चैवाग्रजो नित्यमेतत् क्षरनिदर्शनम्।
कथितं ते महाराज यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥ ३७ ॥

क्षर-तत्त्वोंमें सबसे पहले महत्तत्त्वकी ही सृष्टि हुई है। यह बात सदा ध्यानमें रखनेयोग्य है। यही क्षरका परिचय है। महाराज ! तुमने जो मुझसे पूछा था, उसके अनुसार यह मैंने तुम्हारे समक्ष क्षर-अक्षरके विषयका वर्णन किया है ॥

पञ्चविंशतिमो विष्णुर्निस्तत्त्वस्तत्त्वसंज्ञितः।
तत्त्वसंश्रयणादेतत् तत्त्वमाहुर्मनीषिणः ॥ ३८ ॥

इन चौबीस तत्त्वोंसे परे जो भगवान् विष्णु (सर्वव्यापी परमात्मा) हैं, उन्हें पचीसवाँ तत्त्व कहा गया है। तत्त्वोंको आश्रय देनेके कारण ही मनीषी पुरुष उन्हें तत्त्व कहते हैं ॥

यन्मर्त्यमसृजद् व्यक्तं तत्तन्मूर्त्यधितिष्ठति।
चतुर्विंशतिमोऽव्यक्तो ह्यमूर्तः पञ्चविंशकः ॥ ३९ ॥

महत्तत्त्व आदि व्यक्त पदार्थ जिन मरणशील (नश्वर) पदार्थोंकी सृष्टि करते हैं, वे किसी-न-किसी आकार या मूर्तिका आश्रय लेकर स्थित होते हैं। गणना करनेपर चौबीसवाँ तत्त्व है अव्यक्त प्रकृति और पचीसवाँ है निराकार परमात्मा ॥३९॥

स एव हृदि सर्वासु मूर्तिष्वातिष्ठतेऽऽत्मवान्।
केवलश्चेतनो नित्यः सर्वमूर्तिरमूर्तिमान् ॥ ४० ॥

जो अद्वितीय, चेतन, नित्य, सर्वस्वरूप, निराकार एवं सबके आत्मा हैं, वे परम पुरुष परमात्मा ही समस्त शरीरोंके हृदयदेशमें निवास करते हैं ॥ ४० ॥

सर्गप्रलयधर्मिण्या असर्गप्रलयात्मकः।
गोचरे वर्तते नित्यं निर्गुणं गुणसंज्ञितम् ॥ ४१ ॥

यद्यपि सृष्टि और प्रलय प्रकृतिके ही धर्म हैं। पुरुष तो उनसे सर्वथा सम्बन्धरहित है तथापि उस प्रकृतिके संसर्गवश पुरुष भी उस सृष्टि और प्रलयरूप धर्मसे सम्बद्ध-सा जान पड़ता है। इन्द्रियोंका विषय न होनेपर भी इन्द्रियगोचर-सा हो जाता है तथा निर्गुण होनेपर भी गुणवान्-सा जान पड़ता है ॥

एवमेष महानात्मा सर्गप्रलयकोविदः।
विकुर्वाणः प्रकृतिमानभिमन्यत्यबुद्धिमान् ॥ ४२ ॥

इस प्रकार सृष्टि और प्रलयके तत्त्वको जाननेवाला यह महान् आत्मा अविकारी होकर भी प्रकृतिके संसर्गसे गुण ही विकारवान्-सा हो जाता है एवं प्राकृत-बुद्धिसे रहित होकर भी शरीरमें आत्माभिमान कर लेता है ॥ ४२ ॥

तमःसत्त्वरजोयुक्तस्तासु तास्विह योनिषु ।
नियते प्रतिबुद्धित्वादबुद्धजनसेवनात् ॥ ४३ ॥

प्रकृतिके संसर्गवश ही वह सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुणसे युक्त हो जाता है तथा अज्ञानी मनुष्योंका सङ्ग करनेसे उन्हीं-की भाँति अपनेको शरीरस्थ समझनेके कारण वह उन-उन सात्त्विक, राजस, तामस योनियोंमें जन्म ग्रहण करता है ॥

सहवासविनाशित्वान्नान्योऽहमिति मन्यते ।
योऽहं सोऽहमिति ह्युक्त्वा गुणानेवानुवर्तते ॥ ४४ ॥

प्रकृतिके सहवाससे अपने स्वरूपका बोध हो जानेके कारण पुरुष यह समझने लगता है कि शरीरसे भिन्न नहीं हूँ । 'मैं यह हूँ, वह हूँ, अमुकका पुत्र हूँ, अमुक जातिका हूँ', इस कहता हुआ वह सात्त्विक आदि गुणोंका ही अनुसरण करता है ॥ ४४ ॥

तामसान् भावान् विविधान् प्रतिपद्यते ।
राजसांश्चैव सात्त्विकान् सत्त्वसंश्रयात् ॥ ४५ ॥

वह तमोगुणसे मोह आदि नाना प्रकारके तामस भावों-को, रजोगुणसे प्रवृत्ति आदि राजस भावोंको तथा सत्त्वगुणका आश्रय लेकर प्रकाश आदि सात्त्विक भावोंको होता है ॥

शुक्ललोहितकृष्णानि रूपाण्येतानि त्रीणि तु ।
सर्वाण्येतानि रूपाणि यानीह प्राकृतानि वै ॥ ४६ ॥

सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुणसे क्रमशः शुक्ल, रक्त और कृष्ण—ये तीन वर्ण प्रकट होते हैं । प्रकृतिसे जो-जो रूप प्रकट हुए हैं, वे इन्हीं तीनों वर्णोंके अन्तर्गत हैं ॥

निरयं यान्ति राजसा मानुषानथ ।
सात्त्विका देवलोकाय गच्छन्ति सुखभागिनः ॥ ४७ ॥

तमोगुणी प्राणी नरकमें पड़ते हैं, राजस स्वभावके जीव मनुष्यलोकमें जाते हैं तथा सुखके भागी सात्त्विक पुरुष देव-लोकको प्रस्थान करते हैं ॥ ४७ ॥

निष्कैवल्येन पापेन तिर्यग्योनिमवाप्नुयात् ।
पुण्यपापेन मानुष्यं पुण्येनैकेन देवताः ॥ ४८ ॥

अत्यन्त केवल पापकर्मोंके फलस्वरूप जीव पशु पक्षी आदि तिर्यग्योनिको प्राप्त होता है । पुण्य और पाप दोनोंके सम्मिश्रणसे मनुष्यलोक मिलता है तथा केवल पुण्यसे प्राणी देवयोनिको प्राप्त होता है ॥ ४८ ॥

एवमव्यक्तविषयं क्षरमाहुर्मनीषिणः ।
पञ्चविंशतिमो योऽयं ज्ञानादेव प्रवर्तते ॥ ४९ ॥

इस प्रकार ज्ञानी पुरुष प्रकृतिसे उत्पन्न हुए पदार्थोंको क्षर कहते हैं । उपर्युक्त चौबीस तत्त्वोंसे भिन्न जो पचीसवाँ तत्त्व—परमपुरुष परमात्मा बताया गया है, वही अक्षर है । उसकी प्राप्ति ज्ञानसे ही होती है ॥ ४९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वसिष्ठकरालजनकसंवादे द्व्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वसिष्ठ और संवादविषयक तीन सौ दोवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०२ ॥

त्र्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

प्रकृति-संसर्गके कारण जीवका अपनेको ना प्रकारके कर्मोंका कर्ता और भोक्ता मानना एवं नाना योनियोंमें बारंबार जन्म ग्रहण

वसिष्ठ उवाच

एवमप्रतिबुद्धत्वादबुद्धमनुवर्तते ।
देहाद् देहसहस्राणि समभिपद्यते ॥ १ ॥

वसिष्ठजी कहते हैं—राजन् ! इस प्रकार जीव बोध-हीन होनेके कारण ही अनुसरण करता है; इसीलिये उसे एक शरीरसे सहस्रों शरीरोंमें भ्रमण करना पड़ता है ॥ १ ॥

तिर्यग्योनिसहस्रेषु कदाचिद् देवतास्वपि ।
उपपद्यति संयोगाद् गुणैः सह गुणक्षयात् ॥ २ ॥

वह गुणोंके साथ सम्बन्ध होनेसे उन्हीं गुणोंकी सामर्थ्यसे कभी सहस्रों बार तिर्यग्योनियोंमें और कभी देवताओंमें जन्म लेता है ॥ २ ॥

मानुषत्वाद् दिवं याति दिवो मानुष्यमेव च ।
मानुष्यान्निरयस्थानमानन्त्यं प्रतिपद्यते ॥ ३ ॥

कभी मानव-योनिसे स्वर्गलोकमें जाता है और कभी स्वर्गसे मनुष्यलोकमें लौट है । मनुष्यलोकसे कभी-कभी अनन्त नरकोंमें भी पड़ता है ॥ ॥

कोशकारो यथाऽऽत्मानं कीटः समवरुन्धति ।
सूत्रतन्तुगुणैर्नित्यं तथायमगुणो गुणैः ॥ ॥

जैसे रेशमका कीड़ा अपने ही उत्पन्न किये हुए तन्तुओंसे अपनेको सब ओरसे बाँध लेता है, उसी प्रकार यह निर्गुण भी अपने ही प्रकट किये हुए प्राकृत गुणोंसे बँध जाता है ॥ ४ ॥

द्वन्द्वमेति निर्द्वन्द्वस्तासु तास्विह योनिषु ।
शीर्षरोगेऽक्षिरोगे च दन्तशूले गलग्रहे ॥ ५ ॥

वह स्वयं सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंसे रहित होनेपर भी भिन्न-भिन्न योनियोंमें जन्म धारण करके सुख-दुःखको भोगता है । उसे कभी सिरमें दर्द होता, कभी आँख दुखती, कभी दाँतमें व्यथा होती और कभी गलेमें पेचा निकल आता है ॥

जलोदरे तृषारोगे ज्वरगण्डे विषूचके ।
श्वित्रकुष्ठेऽग्निदग्धे च सिध्मापस्मारयोरपि ॥ ६ ॥

इसी प्रकार वह जलोदर, तृषारोग, ज्वर, गलगण्ड, (गलसुआ), विषूचिका (हैजा), सफेद कोढ़, अग्निदाह,

सिध्मा¹ (सफेद दाग या सेहुँवा), अपस्मार (मृगी) आदि रोगोंका शिकार होता रहता है ॥ ६ ॥

यानि चान्यानि द्वन्द्वानि प्राकृतानि शरीरिषु ।
उत्पद्यन्ते विचित्राणि तान्येषोऽप्यभिमन्यते ॥ [illegible] ॥

इनके सिवा और भी जितने प्रकारके प्रकृतिजन्य विचित्र रोग या द्वन्द्व देहधारियोंमें उत्पन्न होते हैं, उन सबसे यह अपनेको आक्रान्त मानता है ॥ ७ ॥

तिर्यग्योनिसहस्रेषु कदाचिद् देवतास्वपि ।
अभिमन्यत्यभीमानात् तथैव सुकृतान्यपि ॥ ८ ॥

कभी अपनेको सहस्रों तिर्यग्योनियोंका जीव समझता है और कभी देवत्वका अभिमान धारण करता है तथा इसी अभिमानके कारण उन-उन शरीरोंद्वारा किये हुए कर्मोंका फल भी भोगता है ॥ ८ ॥

शुक्लवासाश्च दुर्वासाः शायी नित्यमधस्तथा ।
मण्डूकशायी च तथा वीरासनगतस्तथा ॥ ९ ॥
चीरधारणमाकाशे शयनं स्थानमेव च ।
इष्टकाप्रस्तरे चैव कण्टकप्रस्तरे [illegible] ॥ १० ॥
भस्मप्रस्तरशायी च भूमिशय्या तलेषु च ।
वीरस्थानाम्बुपङ्के च शयनं फलकेषु च ॥ ११ ॥
विविधासु च शय्यासु फलगृद्ध्यान्वितस्तथा ।
मुञ्जमेखलनग्नत्वं क्षौमकृष्णाजिनानि च ॥ १२ ॥

फलकी आशासे बँधा हुआ मनुष्य कभी नये-धुले सफेद [illegible] पहनता है और कभी फटे-पुराने मैले [illegible] धारण [illegible] है, कभी पृथ्वीपर सोता है, कभी मेढकके समान हाथ-पैर सिकोड़कर शयन करता है, कभी वीरासनसे बैठता है और कभी खुले आकाशके नीचे । कभी चीर और वल्कल पहनता है, कभी ईंट और पत्थरपर सोता-बैठता है तो कभी काँटोंके बिछौनोंपर । कभी राख बिछाकर सोता है, कभी भूमिपर ही लेट जाता है, कभी किसी पेड़के नीचे पड़ा रहता है । कभी युद्धभूमिमें, कभी पानी और कीचड़में, कभी चौकियोंपर तथा कभी नाना प्रकारकी शय्याओंपर सोता है । कभी मूँजकी मेखला बाँधे कौपीन धारण करता है, कभी नंग-धड़ंग घूमता है । कभी रेशमी [illegible] और कभी [illegible] मृगचर्म पहनता है ॥

शाणीवालपरीधानो व्याघ्रचर्मपरिच्छदः ।
सिंहचर्मपरीधानः पट्टवासास्तथैव च ॥ १३ ॥

कभी सन या ऊनके बने वस्त्र धारण करता है । कभी [illegible] या सिंहके चमड़ोंसे अपने अङ्गोंको ढँक लेता है । कभी रेशमी पीताम्बर पहनता है ॥ १३ ॥

फलकंपरिधानश्च [illegible] कण्टकवस्त्रधृक् ।
कीटकावसनश्चैव चीरवासास्तथैव च ॥ १४ ॥

कभी फलकवस्त्र (भोजपत्रकी छाल), कभी साधारण वस्त्र और कभी कण्टकवस्त्र धारण करता है । कभी कीड़ों निकले हुए रेशमके मुलायम वस्त्र पहनता है तो कभी चिथड़े पहनकर रहता है ॥ १४ ॥

वस्त्राणि चान्यानि बहून्यभिमन्यत्यबुद्धिमान् ।
भोजनानि विचित्राणि रत्नानि विविधानि च ॥ १५ ॥

वह अज्ञानी जीव इनके अतिरिक्त भी नाना प्रकारके [illegible] पहनता, विचित्र-विचित्र भोजनोंके स्वाद लेता और भाँति-भाँतिके रत्न धारण करता है ॥ १५ ॥

एकरात्रान्तराशित्वमेककालिकभोजनम् ।
चतुर्थाष्टमकालश्च षष्ठकालिक एव च ॥ १६ ॥

कभी एक रातका अन्तर देकर भोजन करता है, कभी दिन-रातमें एक बार अन्न ग्रहण करता है और कभी दिनके चौथे, छठे या आठवें पहरमें भोजन करता है ॥ १६ ॥

षड्रात्रभोजनश्चैव तथैवाष्टाहभोजनः ।
सप्तरात्रदशाहारो द्वादशाहिकभोजनः ॥ १७ ॥

कभी छः रात बिताकर खाता है और कभी सात, आठ, दस अथवा बारह दिनोंके बाद अन्न ग्रहण करता है ॥ १७ ॥

मासोपवासी मूलाशी फलाहारस्तथैव च ।
वायुभक्षोऽम्बुपिण्याकदधिगोमयभोजनः ॥ १८ ॥

कभी लगातार एक मासतक उपवास करता है । कभी [illegible] खाकर रहता है और कभी कन्द-मूलके भोजनसे निर्वाह करता है । कभी पानी-हवा पीकर रह जाता है । कभी तिलकी खली, कभी दही और कभी गोबर खाकर ही रहता है ॥ १८ ॥

गोमूत्रभोजनश्चैव शाकपुष्पाद एव च ।
शैवालभोजनश्चैव तथाऽऽचामेन वर्तयन् ॥ १९ ॥

कभी वह गोमूत्रका भोजन करनेवाला बनता है । कभी वह साग- फूल या सेवार खाता है तथा कभी जलका आचमन मात्र करके जीवन-निर्वाह करता है ॥ १९ ॥

वर्तयन् शीर्णपर्णैश्च प्रकीर्णफलभोजनः ।
विविधानि [illegible] कृच्छ्राणि सेवते सिद्धिकाङ्क्षया ॥ २० ॥

कभी सूखे पत्ते और पेड़से गिरे हुए फलोंको ही खाकर रह जाता है । इस प्रकार सिद्धि पानेकी अभिलाषासे वह नाना प्रकारके कठोर नियमोंका सेवन करता है ॥ २० ॥

चान्द्रायणानि विधिवल्लिङ्गानि विविधानि [illegible] ।
चातुराश्रम्यपन्थानमाश्रयत्यपथानपि ॥ २१ ॥

कभी विधिपूर्वक चान्द्रायण-व्रतका अनुष्ठान करता और अनेक प्रकारके धार्मिक चिह्न धारण करता है । कभी चारों आश्रमोंके मार्गपर चलता और कभी विपरीत पथका भी आश्रय लेता है ॥ २१ ॥

उपाश्रमानप्यपरान् पाषण्डान् विविधानपि ।
विविक्ताश्च शिलाच्छायास्तथा प्रस्रवणानि च ॥ २२ ॥

कभी नाना प्रकारके उपाश्रमों तथा भाँति-भाँतिके

---

१. किसी-किसी टीकाकारने 'सिध्मा' का अर्थ 'खाँसी' और 'दमा' भी किया है । परंतु कोष-प्रसिद्ध अर्थ 'सफेद [illegible] या सेहुँवा' ही है ।

पाखण्डोंको अपनाता है। कभी एकान्तमें शिलाखण्डोंकी छायामें बैठता और कभी झरनोंके समीप निवास करता है ॥ २२ ॥

पुलिनानि विविक्तानि विविक्तानि वनानि च ।
देवस्थानानि पुण्यानि विविक्तानि सरांसि च ॥ २३ ॥

कभी नदियोंके एकान्त तटोंमें, कभी निर्जन वनोंमें, कभी पवित्र देवमन्दिरोंमें तथा कभी एकान्त सरोवरोंके आसपास रहता है ॥ २३ ॥

विविक्ताश्चापि शैलानां गुहा गृहनिभोपमाः ।
विविक्तानि च जप्यानि व्रतानि विविधानि च ॥ २४ ॥
नियमान् विविधांश्चापि विविधानि तपांसि च ।
यज्ञांश्च विविधाकारान् विधींश्च विविधांस्तथा ॥ २५ ॥

कभी पर्वतोंकी एकान्त गुफाओंमें, जो गृहके समान ही होती हैं, निवास करता है । उन स्थानोंमें नाना प्रकारके गोपनीय जप, व्रत, नियम, तप, यज्ञ तथा अन्य भाँति-भाँतिके कर्मोंका अनुष्ठान करता है ॥ २४-२५ ॥

वणिक्पथं द्विजं क्षत्रं वैश्यशूद्रांस्तथैव च ।
दानं च विविधाकारं दीनान्धकृपणादिषु ॥ २६ ॥

वह कभी व्यापार करता, कभी ब्राह्मण और क्षत्रियोंके कर्तव्यका पालन करता तथा कभी वैश्यों और शूद्रोंके कर्मोंका आश्रय लेता । दीन-दुखी और अन्धोंको नाना प्रकारके दान देता है ॥ २६ ॥

अभिमन्यत्यसम्बोधात् तथैव त्रिविधान् गुणान् ।
सत्त्वं रजस्तमश्चैव धर्मार्थौ काम एव च ॥ २७ ॥

अज्ञानवश वह अपनेमें सत्त्व, रज, तम—इन त्रिविध गुणों और धर्म, अर्थ एवं कामका अभिमान कर लेता है ॥

प्रकृत्याऽऽत्मानमेवात्मा एवं प्रविभजत्युत ।
स्वधाकारवषट्कारौ स्वाहाकारनमस्क्रियाः ॥ २८ ॥

इस प्रकार आत्मा प्रकृतिके द्वारा अपने ही स्वरूपके अनेक विभाग करता है । वह कभी स्वाहा, कभी स्वधा, कभी वषट्कार और कभी नमस्कारमें प्रवृत्त होता है ॥ २८ ॥

याजनाध्यापनं दानं तथैवाहुः प्रतिग्रहम् ।
यजनाध्ययने चैव यच्चान्यदपि किंचन ॥ २९ ॥

कभी यज्ञ करता और कराता, कभी वेद पढ़ता और पढ़ाता तथा कभी दान करता और प्रतिग्रह लेता है । इसी प्रकार वह दूसरे-दूसरे कार्य भी किया करता है ॥ २९ ॥

जन्ममृत्युविवादे च तथा विशसनेऽपि च ।
शुभाशुभमयं सर्वमेतदाहुः क्रियापथम् ॥ ३० ॥

कभी जन्म लेता, कभी मरता तथा कभी विवाद और संग्राममें प्रवृत्त रहता है । विद्वान् पुरुषोंका कहना है कि यह सब शुभाशुभ कर्ममार्ग है ॥ ३० ॥

प्रकृतिः कुरुते देवी भवं प्रलयमेव च ।
दिवसान्ते गुणानेतानभ्येत्यैकोऽवतिष्ठते ॥ ३१ ॥
रश्मिजालमिवादित्यस्तत् तत्काले नियच्छति ।

प्रकृतिदेवी ही जगत्की सृष्टि और प्रलय करती है । जैसे सूर्य प्रतिदिन प्रातःकाल अपनी किरणोंको फैलाता और सायंकालमें अपने किरण-जालको समेट लेता है, वैसे ही आदिपुरुष ब्रह्मा अपने दिन—कल्पके आरम्भमें तीनों गुणोंका विस्तार करता और अन्तमें सबको समेटकर अकेला ही रह जाता है ॥ ३१½ ॥

एवमेषोऽसकृत्पूर्वं क्रीडार्थमभिमन्यते ॥ ३२ ॥
आत्मरूपगुणानेतान् विविधान् हृदयप्रियान् ।

इस प्रकार प्रकृतिसे संयुक्त हुआ पुरुष तत्त्वज्ञान होनेसे पहले मनको प्रिय लगनेवाले नाना प्रकारके अपने व्यापारोंको क्रीडाके लिये बार-बार करता और उन्हें अपना कर्तव्य मानता है ॥ ३२½ ॥

एवमेतां विकुर्वाणः सर्गप्रलयधर्मिणीम् ॥ ३३ ॥
क्रियां क्रियापथे रक्तस्त्रिगुणां त्रिगुणाधिपः ।
क्रियां क्रियापथोपेतस्तथा तदिति मन्यते ॥ ३४ ॥

सृष्टि और प्रलय जिसके धर्म हैं, उस त्रिगुणमयी प्रकृतिको विकृत करके तीनों गुणोंका स्वामी आत्मा कर्ममार्गमें अनुरक्त और प्रवृत्त हो उस प्रकृतिके द्वारा होनेवाले प्रत्येक त्रिगुणात्मक कार्यको अपना मान लेता है ॥ ३३-३४ ॥

प्रकृत्या सर्वमेवेदं जगदन्धीकृतं विभो ।
रजसा तमसा चैव व्याप्तं सर्वमनेकधा ॥ ३५ ॥

प्रभो ! प्रकृतिने इस सम्पूर्ण जगत्को अन्धा बना दिया है । उसीके संयोगसे समस्त पदार्थ अनेक प्रकारसे रजोगुण और तमोगुणसे व्याप्त हो रहे हैं ॥ ३५ ॥

एवं द्वन्द्वान्यथैतानि समावर्तन्ति नित्यशः ।
ममैवैतानि जायन्ते धावन्ते तानि मामिति ॥ ३६ ॥
निस्तर्तव्यान्यथैतानि सर्वाणीति नराधिप ।
मन्यतेऽयं ह्यबुद्धत्वात् तथैव सुकृतान्यपि ॥ ३७ ॥
भोक्तव्यानि मयैतानि देवलोकगतेन वै ।
इहैव चैनं भोक्ष्यामि शुभाशुभफलोदयम् ॥ ३८ ॥

इस प्रकार प्रकृतिकी प्रेरणासे स्वभावतः सुख-दुःखादि द्वन्द्वोंकी सदा पुनरावृत्ति होती रहती है; किंतु जीवात्मा अज्ञानवश यह मान बैठता है कि ये सारे द्वन्द्व मुझपर ही धावा करते हैं और मुझे इनसे निस्तार पानेकी चेष्टा करनी चाहिये । (ऐसा मानकर वह दुखी होता है) नरेश्वर ! प्रकृतिसे संयुक्त हुआ पुरुष अज्ञानवश यह मान लेता है कि मैं देवलोकमें जाकर अपने समस्त पुण्योंके फलका उपभोग करूँगा और पूर्वजन्मके किये हुए शुभाशुभ कर्मोंका जो फल प्रकट हो रहा है, उसे यहीं भोगूँगा ॥ ३६-३८ ॥

सुखमेव तु कर्तव्यं सकृत् कृत्वा सुखं मम ।
यावदन्तं च मे सौख्यं जात्यां जात्यां भविष्यति ॥ ३९ ॥

अब मुझे सुखके साधनभूत पुण्यका ही अनुष्ठान करना चाहिये । उसका एक बार भी अनुष्ठान कर लेनेपर मुझे

आजीवन सुख मिलेगा तथा भविष्यमें भी प्रत्येक जन्ममें सुखकी प्राप्ति होती रहेगी ॥ ३९ ॥

भविष्यति च मे दुःखं कृतेनेहाप्यनन्तकम्।
महद् दुःखं हि मानुष्यं निरये चापि मज्जनम् ॥ ४० ॥

यदि इस जन्ममें मैं बुरे कर्म करूँगा तो मुझे यहाँ भी अनन्त दुःख भोगना पड़ेगा। यह मानव-जन्म महान् दुःखसे भरा हुआ है। इसके सिवा पापके फलसे नरकमें भी डूबना पड़ेगा ॥ ४० ॥

निरयाच्चापि मानुष्यं कालेनैष्याम्यहं पुनः।
मनुष्यत्वाच्च देवत्वं देवत्वात् पौरुषं पुनः ॥ ४१ ॥

नरकसे दीर्घकालके बाद छुटकारा मिलनेपर मैं पुनः मनुष्यलोकमें जन्म लूँगा। मानवयोनिसे पुण्यके फलस्वरूप देवयोनिमें जाऊँगा और वहाँसे पुण्य-क्षीण होनेपर पुनः मानव-शरीरमें जन्म लूँगा ॥ ४१ ॥

मनुष्यत्वाच्च निरयं पर्यायेणोपगच्छति।
य एवं वेत्ति नित्यं वै निरात्माऽऽत्मगुणैर्वृतः ॥ ४२ ॥
तेन देवमनुष्येषु निरये चोपपद्यते।

इसी तरह बारी-बारीसे वह जीव मानव-योनिसे नरकमें (और नरकसे मानवयोनिमें) आता-जाता रहता है। आत्मासे भिन्न [illegible] आत्माके गुण चैतन्य आदिसे युक्त जो इन्द्रियोंका समुदाय शरीरमें ऐसी भावना [illegible] है कि 'यह [illegible] हूँ' वही देवलोक, मनुष्यलोक, नरक तथा तिर्यग्योनिमें जाता है ॥ ४२½ ॥

ममत्वेनावृतो नित्यं तत्रैव परिवर्तते ॥ ४३ ॥
सर्गकोटिसहस्राणि मरणान्तासु मूर्तिषु।

स्त्री-पुत्र आदिके प्रति ममतासे बँधा हुआ पुरुष उन्हींके संसर्गमें रहकर सहस्र-सहस्र कोटि सृष्टिपर्यन्त नश्वर शरीरोंमें ही सदा चक्कर लगाता रहता है ॥ ४३½ ॥

य एवं कुरुते कर्म शुभाशुभफलात्मकम् ॥ ४४ ॥
स एवं फलमाप्नोति त्रिषु लोकेषु मूर्तिमान्।

जो इस प्रकार शुभाशुभ फल देनेवाला कर्म करता है, वही तीनों लोकोंमें शरीर धारण करके इन उपर्युक्त फलोंको पाता है ॥ ४४½ ॥

प्रकृतिः कुरुते कर्म शुभाशुभफलात्मकम्।
प्रकृतिश्च तदश्नाति त्रिषु लोकेषु कामगा ॥ ४५ ॥

वास्तवमें तो प्रकृति ही शुभाशुभ फल देनेवाले कर्मोंका अनुष्ठान करती है और तीनों लोकोंमें इच्छानुसार विचरण करनेवाली वह प्रकृति ही उन कर्मोंका फल भोगती है (किंतु पुरुष अज्ञानके कारण कर्ता-भोक्ता बन जाता है) ॥ ४५ ॥

तिर्यग्योनिमनुष्यत्वं देवलोके [illegible] च।
त्रीणि स्थानानि चैतानि जानीयात् प्राकृतानि ह ॥ ४६ ॥

तिर्यग्योनि, मनुष्ययोनि तथा देवलोकमें देवयोनि—ये कर्म-फल-भोगके तीन स्थान हैं। इन सबको प्राकृत समझो ॥

अलिङ्गां प्रकृतिं त्वाहुर्लिङ्गैरनुमिमीमहे।
तथैव पौरुषं लिङ्गमनुमानाद्धि मन्यते ॥ ४७ ॥

मुनिगण प्रकृतिको लिङ्गरहित बताते हैं; किंतु हमलोग विशेष हेतुओंके द्वारा ही उसका अनुमान कर सकते हैं। इसी प्रकार अनुमानद्वारा ही हमें पुरुषके स्वरूपका अर्थात् उसके होनेका ज्ञान होता है ॥ ४७ ॥

[illegible] लिङ्गान्तरमासाद्य प्राकृतं लिङ्गमव्रणः।
व्रणद्वाराण्यधिष्ठाय कर्मण्यात्मनि मन्यते ॥ ४८ ॥

पुरुष स्वयं छिद्ररहित होते हुए भी प्रकृतिनिर्मित चिह्नस्वरूप विभिन्न शरीरोंका अवलम्बन करके छिद्रोंमें स्थित रहनेवाली इन्द्रियोंका अधिष्ठाता बनकर उन सबके कर्मोंको अपनेमें मान लेता है ॥ ४८ ॥

श्रोत्रादीनि तु सर्वाणि पञ्चकर्मेन्द्रियाण्यथ।
वागादीनि प्रवर्तन्ते गुणेष्विह गुणैः सह ॥ ४९ ॥

इस जगत्में श्रोत्र आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और वाक् आदि पाँच कर्मेन्द्रियाँ अपने-अपने गुणोंके साथ गुणमय शरीरोंमें स्थित हैं ॥ ४९ ॥

अहमेतानि वै सर्वं मय्येतानीन्द्रियाणि ह।
निरिन्द्रियो हि मन्येत व्रणवानस्मि निर्व्रणः ॥ ५० ॥

किंतु यह जीव वास्तवमें इन्द्रियोंसे रहित है तो भी यह [illegible] है कि मैं ही ये सब कर्म करता हूँ और मुझमें ही सब इन्द्रियाँ हैं। इस प्रकार यह छिद्रशून्य होकर भी अपनेको छिद्रयुक्त मानता है ॥ ५० ॥

अलिङ्गो लिङ्गमात्मानमकालः कालमात्मनः।
असत्त्वं सत्त्वमात्मानमतत्त्वं तत्त्वमात्मनः ॥ ५१ ॥

वह लिङ्ग (सूक्ष्म) शरीरसे हीन होनेपर भी अपनेको उससे युक्त मानता है। कालधर्म (मृत्यु) से रहित होकर भी अपनेको कालधर्मी (मरणशील) समझता है। सत्त्वसे भिन्न होकर भी अपनेको सत्त्वरूप मानता है तथा महाभूतादि तत्त्वसे रहित होकर भी अपने आपको तत्त्वस्वरूप समझता है ॥ ५१ ॥

अमृत्युर्मृत्युमात्मानमचरश्चरमात्मनः।
अक्षेत्रः क्षेत्रमात्मानमसर्गः सर्गमात्मनः ॥ ५२ ॥

वह मृत्युसे सर्वथा रहित है तो भी अपनेको मृत्युग्रस्त मानता है। अचर होनेपर भी अपनेको चलने फिरनेवाला मानता है। क्षेत्रसे भिन्न होनेपर भी अपनेको क्षेत्र मानता है। सृष्टिसे उसका कोई सम्बन्ध नहीं होनेपर भी सृष्टिको अपनी ही समझता है ॥ ५२ ॥

अतपास्तप आत्मानमगतिर्गतिमात्मनः।
अभवो भवमात्मानमभयो भयमात्मनः ॥ ५३ ॥
अक्षरः क्षरमात्मानमबुद्धिस्त्वभिमन्यते ॥ ५४ ॥

वह कभी तप नहीं करता तो भी अपनेको तपस्वी

मानता है। कहीं गमन नहीं करता तो भी अपनेको आने-जानेवाला समझता है। संसाररहित होकर भी अपनेको संसारी और निर्भय होकर भी अपनेको भयभीत मानता है। यद्यपि वह अक्षर (अविनाशी) है तो भी अपनेको [illegible] (नाशवान्) समझता है तथा बुद्धिसे परे होनेपर भी बुद्धिमत्ताका अभिमान रखता है ॥ ५३-५४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वसिष्ठकरालजनकसंवादे त्र्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०३ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वसिष्ठ और करालजनकका संवादविषयक तीन सौ तीनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०३ ॥

चतुरधिकत्रिशततमोऽध्यायः

प्रकृतिके संसर्गदोषसे जीवका पतन

वसिष्ठ उवाच

एवमप्रतिबुद्धत्वादबुद्धजनसेवनात् ।
सर्गकोटिसहस्राणि पतनान्तानि गच्छति ॥ १ ॥

वसिष्ठजी कहते हैं—राजन्! इस तरह अज्ञानके कारण अज्ञानी पुरुषोंका सग करनेसे जीवका निरन्तर पतन होता है तथा उसे हजारों-करोड़ बार [illegible] लेने पड़ते हैं ॥ १ ॥

[illegible] धामसहस्राणि मरणान्तानि गच्छति ।
तिर्यग्योनिमनुष्यत्वे देवलोके तथैव च ॥ २ ॥

वह पशु-पक्षी, मनुष्य [illegible] देवताओंकी योनियोंमें [illegible] एक स्थानसे सहस्रों स्थानोंमें बारबार मरकर जाता और जन्म लेता है ॥ २ ॥

चन्द्रमा इव भूतानां पुनस्तत्र सहस्रशः ।
लीयतेऽप्रतिबुद्धत्वादेवमेष ह्यबुद्धिमान् ॥ ३ ॥

जैसे चन्द्रमाका सहस्रों बार [illegible] और सहस्रों बार वृद्धि होती रहती है, उसी [illegible] अज्ञानी जीव भी अज्ञानवश ही सहस्रों बार लयको [illegible] होता है (और जन्म लेता है)॥ ३ ॥

[illegible] पञ्चदशी योनिस्तद्धाम प्रतिबुध्यते ।
नित्यमेतद् विजानीहि सोमं वै षोडशीं कलाम् ॥ ४ ॥

राजन्! चन्द्रमाकी पंद्रह कलाओंके समान जीवोंकी [illegible] कलाएँ ही उत्पत्तिके [illegible] हैं। अज्ञानी जीव उन्हींको अपना [illegible] समझता है; परंतु उसकी जो सोलहवीं कला है, उसको तुम नित्य समझो। वह चन्द्रमाकी अमा नामक सोलहवीं कलाके समान है ॥ ४ ॥

कलायां जायतेऽजस्रं पुनः पुनरबुद्धिमान् ।
धाम तस्योपयुञ्जन्ति भूय एवोपजायते ॥ ५ ॥

अज्ञानी जीव सदा बारंबार उन्हीं कलाओंमें स्थित हुआ जन्म ग्रहण करता है। वे ही कलाएँ जीवके आश्रय लेने-योग्य हैं, अतः जीवका उन्हींसे पुनः-पुनः जन्म होता रहता है ॥ ५ ॥

षोडशी [illegible] [illegible] सूक्ष्मा स सोम उपधार्यताम् ।
[illegible] तूपयुज्यते देवैर्देवानुपयुनक्ति सा ॥ ६ ॥

[illegible] नामक जो सोलहवीं सूक्ष्म कला है, वही सोम है अर्थात् जीवकी प्रकृति है, यह तुम निश्चितरूपसे जान लो। देवतालोग अर्थात् अन्तःकरण और इन्द्रियगण जिनको पंद्रह कलाओंके नामसे कहा गया, वे [illegible] सोलहवीं कलाका उपयोग नहीं कर सकते; किंतु वे सोलहवीं [illegible] अर्थात् उन सबकी कारणभूता प्रकृति ही उनका उपयोग करती है ॥ ६ ॥

एतामक्षपयित्वा हि जायते नृपसत्तम ।
[illegible] [illegible] प्रकृतिर्दृष्टा तत्क्षयान्मोक्ष उच्यते ॥ ७ ॥

नृपश्रेष्ठ! जीव अपने अज्ञानवश [illegible] सोलहवीं कला-रूप प्रकृतिके संयोगका क्षय नहीं कर पाता, इसलिये बारंबार जन्म ग्रहण करता है। वह ही कला जीवकी प्रकृति अर्थात् उत्पत्तिका कारण देखी गयी है। उसके संयोगका क्षय होनेपर ही मोक्षकी प्राप्ति बतायी जाती है ॥ ७ ॥

तदेव षोडशकलं देहमव्यक्तसंज्ञकम् ।
ममायमिति मन्वानस्तत्रैव परिवर्तते ॥ ८ ॥

(मूल प्रकृति, दस इन्द्रियाँ—एक प्राण और चार प्रकारका अन्तःकरण—इन) सोलह कलाओंसे युक्त जो यह सूक्ष्मशरीर है, इसे 'यह मेरा है' ऐसा माननेके कारण अज्ञानी जीव उसीमें भटकता रहता है ॥ ८ ॥

पञ्चविंशो महानात्मा तस्यैवाप्रतिबोधनात् ।
विमलस्य विशुद्धस्य शुद्धाशुद्धनिषेवणात् ॥ ९ ॥
अशुद्ध एव शुद्धात्मा तादृग् भवति पार्थिव ।
अबुद्धसेवनाच्चापि बुद्धोऽप्यबुद्धतां व्रजेत् ॥ १० ॥

पचीसवाँ तत्त्वरूप जो महान् आत्मा है, वह निर्मल एवं विशुद्ध है। उसको न जाननेके कारण तथा शुद्ध-अशुद्ध वस्तुओंके सेवनसे वह निर्मल, संगरहित आत्मा भी [illegible] और अशुद्ध वस्तुओंके सदृश हो जाता है। पृथ्वीनाथ! अविवेकी-के संगसे विवेकशील भी अविवेकी हो जाता है ॥ ९-१० ॥

तथैवाप्रतिबुद्धोऽपि विज्ञेयो नृपसत्तम ।
प्रकृतेस्त्रिगुणायास्तु सेवनात् त्रिगुणो भवेत् ॥ ११ ॥

नृपश्रेष्ठ ! इसी प्रकार मूर्ख भी विवेकशीलका संग करनेसे विवेकशील हो जाता है, ऐसा समझना चाहिये। त्रिगुणात्मिका प्रकृतिके सम्बन्धसे निर्गुण आत्मा भी त्रिगुणमय सा हो जाता है ॥ ११ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वसिष्ठकरालजनकसंवादे चतुरधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वसिष्ठ और करालजनकका संवादविषयक तीन सौ चारवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०४ ॥

पञ्चाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

क्षर-अक्षर एवं प्रकृति-पुरुषके विषयमें राजा जनककी शङ्का और उसका वसिष्ठजीद्वारा उत्तर

जनक उवाच

अक्षरक्षरयोरेष द्वयोः सम्बन्ध इष्यते।
स्त्रीपुंसोर्वापि भगवन् सम्बन्धस्तद्वदुच्यते ॥ १ ॥

राजा जनकने कहा—भगवन् ! क्षर और अक्षर (प्रकृति और पुरुष) दोनोंका यह सम्बन्ध वैसा ही माना जाता है, जैसा कि नारी और पुरुषका दाम्पत्य-सम्बन्ध बताया जाता है ॥ १ ॥

ऋते तु पुरुषं नेह स्त्री गर्भं धारयत्युत।
ऋते स्त्रियं न पुरुषो रूपं निर्वर्तयेत् तथा ॥ २ ॥

इस जगत्‌मे न तो पुरुषके बिना स्त्री गर्भ धारण कर सकती है और न स्त्रीके बिना कोई पुरुष ही किसी शरीरको उत्पन्न कर सकता है ॥ २ ॥

अन्योन्यस्याभिसम्बन्धादन्योन्यगुणसंश्रयात्।
रूपं निर्वर्तयत्येतदेवं सर्वासु योनिषु ॥ ३ ॥

दोनोंके पारस्परिक सम्बन्धसे एक दूसरेके गुणोंका आश्रय लेकर ही किसी शरीरका निर्माण होता है। प्रायः सभी योनियोंमें ऐसी ही स्थिति है ॥ ३ ॥

रत्यर्थमभिसम्बन्धादन्योन्यगुणसंश्रयात्।
ऋतौ निर्वर्त्यते रूपं तद् वक्ष्यामि निदर्शनम् ॥ ४ ॥
ये गुणाः पुरुषस्येह ये च मातृगुणास्तथा।
अस्थि स्नायुश्च मज्जा च जानीमः पितृतो गुणाः ॥ ५ ॥
त्वङ्मांसं शोणितं चेति मातृजान्यपि शुश्रुम।
एवमेतद् द्विजश्रेष्ठ वेदे शास्त्रे च पठ्यते ॥ ६ ॥

जब स्त्री ऋतुमती होती है, उस समय रतिके लिये पुरुषके साथ उसका सम्बन्ध होनेसे दोनोंके गुणोंका मिश्रण होनेपर शरीरकी उत्पत्ति होती है। शरीरमें पुरुष अर्थात् पिताके जो गुण हैं तथा माताके जो गुण है, उन्हें मैं दृष्टान्तके तौरपर बता रहा हूँ। हड्डी, स्नायु और मज्जा—इन्हें मैं पितासे पैदा हुए गुण समझता हूँ तथा त्वचा, मांस और रक्त—ये मातासे पैदा हुए गुण हैं, ऐसा मैंने सुना है। द्विजश्रेष्ठ ! यही बात वेद और शास्त्रमें भी पढ़ी जाती है ॥ ४—६ ॥

प्रमाणं यत् स्ववेदोक्तं शास्त्रोक्तं यच्च पठ्यते।
वेदशास्त्रद्वयं चैव प्रमाणं तत् सनातनम् ॥ ७ ॥

वेदोंमें जो प्रमाण बताया गया है तथा शास्त्रमें कहे हुए जिस प्रमाणको पढ़ा और सुना जाता है, वह सब ठीक है; क्योंकि वेद और शास्त्र दोनों ही सनातन प्रमाण हैं ॥ ७ ॥

अन्योन्यगुणसंरोधादन्योन्यगुणसंश्रयात्।
एवमेवाभिसम्बद्धौ नित्यं प्रकृतिपूरुषौ ॥ ८ ॥
पश्यामि भगवंस्तस्मान्मोक्षधर्मो न विद्यते।

भगवन् ! इस प्रकार प्रकृति और पुरुष दोनों ही एक दूसरेके गुणोंको आच्छादित करके एक दूसरेके गुणोंका आश्रय* लेते हुए सृष्टि करते हैं। इस तरह मैं इन दोनोंको सदा एक दूसरेसे सम्बद्ध देखता हूँ। अतः पुरुषके लिये मोक्ष-धर्मकी सिद्धि असम्भव जान पड़ती है ॥ ८½ ॥

अथवानन्तरकृतं किंचिदेव निदर्शनम् ॥ ९ ॥
तन्ममाचक्ष्व तत्त्वेन प्रत्यक्षो ह्यसि सर्वदा।

अथवा पुरुषके मोक्षका साक्षात्कार करानेवाला कोई दृष्टान्त हो तो आप उसे बताइये और मुझे ठीक-ठीक समझा दीजिये; क्योंकि आपको सदा सब कुछ प्रत्यक्ष है ॥ ९½ ॥

मोक्षकामा वयं चापि काङ्क्षामो यदनामयम्।
अदेहमजरं नित्यमतीन्द्रियमनीश्वरम् ॥ १० ॥

मैं भी मोक्षकी अभिलाषा रखता हूँ और उस परम पदको पाना चाहता हूँ, जो निर्विकार, निराकार, अजर, अमर, नित्य और इन्द्रियातीत है तथा जिसे प्राप्त हुए पुरुषका कोई शासक नहीं रह जाता ॥ १० ॥

वसिष्ठ उवाच

यदेतदुक्तं भवता वेदशास्त्रनिदर्शनम्।
एवमेतद् यथा चैतन्निगृह्णाति तथा भवान् ॥ ११ ॥

वसिष्ठजीने कहा—राजन् ! तुमने वेद और शास्त्रोंके दृष्टान्त देकर यह जो कुछ कहा है, वह ठीक है। तुम जैसा समझते हो, वैसी ही बात है ॥ ११ ॥

धार्यते हि त्वया ग्रन्थ उभयोर्वेदशास्त्रयोः।
न तु ग्रन्थस्य तत्त्वज्ञो यथातत्त्वं नरेश्वर ॥ १२ ॥

* पुरुष प्रकृतिकी जड़ताको आच्छादित करके उसके गुणका आश्रय लेता है तथा प्रकृति पुरुषके आनन्दगुणको आच्छादित करके उसके चैतन्य गुणका आश्रय लेती है। तात्पर्य यह कि प्रकृतिके संयोगसे पुरुष आनन्दसे वञ्चित हो दुःखका भागी होता है और प्रकृति पुरुषके संगसे अपनी जड़ताको भुलाकर चेतनकी भाँति कर्म करने लगती है।

नरेश्वर ! इसमें संदेह नहीं [illegible] वेद-शास्त्रोंमें जो कुछ लिखा है, [illegible] तुम्हें याद है; परंतु ग्रन्थके यथार्थ [illegible] तुम्हें ठीक-ठीक ज्ञान नहीं है ॥ १२ ॥

यो [illegible] वेदे [illegible] शास्त्रे च ग्रन्थधारणतत्परः ।
न च ग्रन्थार्थतत्त्वज्ञस्तस्य तद्धारणं वृथा ॥ १३ ॥

जो वेद और शास्त्रके ग्रन्थोंको तो याद रखनेमें तत्पर है, किंतु उनके यथार्थ तत्त्वको नहीं समझता, [illegible] याद रखना व्यर्थ है ॥ १३ ॥

भारं [illegible] वहते तस्य ग्रन्थस्यार्थं न वेत्ति यः ।
यस्तु ग्रन्थार्थतत्त्वज्ञो नास्य ग्रन्थागमो वृथा ॥ १४ ॥

जो ग्रन्थके अर्थको नहीं समझता, वह केवल रटकर मानो उन ग्रन्थोंका बोझ ढोता है; परंतु जो ग्रन्थके अर्थको [illegible] समझता है, उसके [illegible] ग्रन्थका अध्ययन व्यर्थ नहीं है ॥ १४ ॥

ग्रन्थस्यार्थस्य पृष्टः संस्तादृशो वक्तुमर्हति ।
[illegible] तत्त्वाभिगमनादर्थं [illegible] स विन्दति ॥ १५ ॥

ऐसा पुरुष पूछनेपर तत्त्वज्ञानपूर्वक ग्रन्थके अर्थको जैसा समझता है, वैसा दूसरोंको भी बता सकता है ॥ १५ ॥

न यः संसत्सु कथयेद् ग्रन्थार्थं स्थूलबुद्धिमान् ।
[illegible] कथं मन्दविज्ञानो ग्रन्थं वक्ष्यति निर्णयात् ॥ १६ ॥

जो स्थूल एवं मन्दबुद्धिसे [illegible] होनेके कारण विद्वानोंकी सभामें शास्त्रग्रन्थका अर्थ नहीं बता सकता, [illegible] निर्णयपूर्वक उस ग्रन्थका तात्पर्य कैसे कह सकता है ? ॥ १६ ॥

निर्णयं चापि छिद्रात्मा [illegible] तं वक्ष्यति तत्त्वतः ।
सोपहासात्मतामेति यस्माच्चैवात्मवानपि ॥ १७ ॥

जिसका चित्त शास्त्रज्ञानसे शून्य है, वह ग्रन्थके तात्पर्यका ठीक-ठीक निर्णय कर ही नहीं [illegible] । यदि वह [illegible] कहता है तो मनस्वी होनेपर भी लोगोंके उपहासका पात्र बनता है ॥ १७ ॥

तस्मात् त्वं [illegible] राजेन्द्र यथैतदनुदृश्यते ।
याथातथ्येन सांख्येषु योगेषु च महात्मसु ॥ १८ ॥

इसलिये राजेन्द्र ! सांख्य और योगके [illegible] महात्मा पुरुषोंके मतमें मोक्षका जैसा स्वरूप देखा [illegible] है, उसे [illegible] तुम्हें यथार्थरूपसे बताता हूँ, सुनो ॥ १८ ॥

यदेव योगाः पश्यन्ति सांख्यैस्तदनुगम्यते ।
एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स बुद्धिमान् ॥ १९ ॥

योगी जिस तत्त्वका साक्षात्कार करते हैं, सांख्यवेत्ता विद्वान् भी उसीका ज्ञा[illegible] प्राप्त करते हैं । जो सांख्य और योगको फलकी दृष्टिसे एक समझता है, [illegible]ही बुद्धिमान् है ॥ १९ ॥

त्वङ्मांसं रुधिरं मेदः पित्तं मज्जा च स्नायु च ।
अथ चैन्द्रियकं तात तद् भवानिदमाह माम् ॥ २० ॥

तात ! तुम मुझसे [illegible] चुके हो [illegible] शरीरमें जो त्वचा, मांस, रुधिर, मेदा, पित्त, मज्जा, स्नायु और इन्द्रिय-समुदाय हैं (वे सब माता-पिताके सम्बन्धसे प्रकट हुए हैं) ॥ २० ॥

द्रव्याद् द्रव्यस्य निर्वृत्तिरिन्द्रियादिन्द्रियं तथा ।
देहाद् देहमवाप्नोति बीजाद् बीजं तथैव च ॥ २१ ॥

जैसे बीजसे बीजकी उत्पत्ति होती है, उसी प्रकार द्रव्यसे द्रव्य, इन्द्रियसे इन्द्रिय [illegible] देहसे देहकी प्राप्ति होती है ॥ २१ ॥

निरिन्द्रियस्याबीजस्य निर्द्रव्यस्याप्यदेहिनः ।
कथं गुणा भविष्यन्ति निर्गुणत्वान्महात्मनः ॥ २२ ॥

परंतु परमात्मा तो इन्द्रिय, बीज, द्रव्य और देहसे रहित तथा निर्गुण है; अतः उसमें गुण कैसे हो सकते हैं ॥

गुणा गुणेषु जायन्ते तत्रैव निविशन्ति च ।
एवं गुणाः प्रकृतितो जायन्ते निविशन्ति च ॥ २३ ॥

जैसे आकाश आदि गुण सत्त्व आदि गुणोंसे [illegible] होते और उन्हींमें लीन हो जाते हैं; उसी प्रकार सत्त्व, रज, तम—ये तीनों गुण भी प्रकृतिसे [illegible] होते और उसीमें लीन होते हैं ॥ २३ ॥

त्वङ्मांसं रुधिरं मेदः पित्तं मज्जास्थि स्नायु च ।
अष्टौ [illegible] शुक्रेण जानीहि प्राकृतानि वै [illegible] ॥ २४ ॥

राजन् ! तुम यह जान लो कि त्वचा, मांस, रुधिर, मेदा, पित्त, मज्जा, अस्थि और स्नायु—ये आठों वस्तुएँ वीर्य-[illegible] उत्पन्न हुई हैं; इसलिये प्राकृत ही हैं ॥ २४ ॥

पुमांश्चैवापुमांश्चैव त्रैलिङ्ग्यं प्राकृतं स्मृतम् ।
न वापुमान् पुमांश्चैव [illegible] लिङ्गीत्यभिधीयते ॥ २५ ॥

पुरुष और प्रकृति—ये दो तत्त्व हैं । इनके स्वरूपको व्यक्त करनेवाले जो तीन प्रकारके सात्त्विक, राजस और तामस चिह्न हैं, वे [illegible] प्राकृत माने गये हैं; परंतु जो लिङ्गी अर्थात् इन [illegible] आधार [illegible] है, वह न पुरुष [illegible] सकता है और न प्रकृति ही । वह इन दोनोंसे विलक्षण है ॥ २५ ॥

अलिङ्गात् प्रकृतिर्लिङ्गैरुपलभ्यति सात्मजैः ।
यथा पुष्पफलैर्नित्यमृतवोऽमूर्तयस्तथा ॥ २६ ॥

जैसे फूलों और फलोंद्वारा सदा निराकार ऋतुओंका अनुमान हो जाता है, उसी प्रकार निराकार पुरुषका संयोग [illegible] होनेके द्वारा उत्पन्न [illegible] हुए जो महत्तत्त्व आदि लिङ्ग हैं, उन्हींके [illegible] प्रकृति अनुमानका विषय होती है ॥

एवमप्यनुमानेन ह्यलिङ्गमुपलभ्यते ।
पञ्चविंशतिमस्तात लिङ्गेषु नियतात्मकः ॥ २७ ॥

इसी [illegible] लिङ्गसे भिन्न जो [illegible] चेतनरूप आत्मा है, वह भी अनुमानसे बोधका विषय होता है अर्थात् [illegible] दृश्यको प्रकाशित करनेके कारण सूर्य दृश्यसे भिन्न है, उसी प्रकार ज्ञान-स्वरूप आत्मा भी ज्ञेय वस्तुओंको प्रकाशित करनेके कारण उनसे भिन्न [illegible] रखता है । तात ! वही पचीसवाँ [illegible] है, जो सभी लिङ्गोंमें नियतरूपसे व्याप्त है ॥

अनादिनिधनोऽनन्तः सर्वदर्शी निरामयः।
केवलं त्वभिमानित्वाद् गुणेषु गुण उच्यते ॥ २८ ॥

आत्मा तो जन्म-मृत्युसे रहित, अनन्त, सबका [illegible] और निर्विकार है। वह सत्त्व आदि गुणोंमें केवल अभिमान करनेके कारण ही गुणस्वरूप कहलाता है ॥ २८ ॥

गुणा गुणवतः सन्ति निर्गुणस्य कुतो गुणाः।
तस्मादेवं विजानन्ति ये जना गुणदर्शिनः ॥ २९ ॥
यदा त्वेष गुणानेतान् प्राकृतानभिमन्यते।
तदा स गुणहान्यै तं परमेवानुपश्यति ॥ ३० ॥

गुण तो गुणवान्‌में ही रहते हैं। निर्गुण आत्मामें गुण कैसे रह सकते हैं। [illegible] गुणोंके स्वरूपको जाननेवाले विद्वान् पुरुषोंका यही सिद्धान्त है कि जब जीवात्मा इन गुणोंको प्रकृतिका कार्य मानकर उनमें अपनेपनका अभिमान त्याग देता है, उस समय वह देह आदिमें आत्मबुद्धिका परित्याग करके अपने विशुद्ध परमात्मस्वरूपका साक्षात्कार करता है ॥

यत् तद् बुद्धेः परं प्राहुः सांख्या योगाश्च सर्वशः।
बुद्ध्यमानं महाप्राज्ञमबुद्धपरिवर्जनात् ॥ ३१ ॥
अप्रबुद्धमथाव्यक्तं सगुणं प्राहुरीश्वरम्।
निर्गुणं चेश्वरं नित्यमधिष्ठातारमेव च ॥ ३२ ॥
प्रकृतेश्च गुणानां च पञ्चविंशतिकं बुधाः।
सांख्ययोगे च [illegible] बुध्यन्ते परमैषिणः ॥ ३३ ॥

सांख्य और योगके सम्पूर्ण विद्वान् जिसको बुद्धिसे परे बताते हैं, जो परम ज्ञानसम्पन्न है, अहंकार आदि जड तत्त्वोंका परित्याग (बाध) कर देनेपर शेष रहे हुए चिन्मय तत्त्वके रूपमें जिसका बोध होता है, जो अज्ञात, अव्यक्त, सगुण ईश्वर, निर्गुण ईश्वर, नित्य और अधिष्ठाता कहा गया है, [illegible] ही प्रकृति और उसके गुणों (चौबीस तत्त्वों) की अपेक्षा पचीसवाँ तत्त्व है, ऐसा सांख्य और योगमें कुशल [illegible] परमतत्त्वकी खोज करनेवाले विद्वान् पुरुष समझते हैं ॥ ३१–३३ ॥

यदा प्रबुद्धा ह्यव्यक्तमवस्थाजन्मभीरवः।
बुध्यमानं प्रबुध्यन्ति गमयन्ति समं तदा ॥ ३४ ॥

जिस समय बाल्य, यौवन और वृद्धावस्था अथवा जन्म-मरणसे भयभीत हुए विवेकी पुरुष चेतन-स्वरूप अव्यक्त परमात्माके तत्त्वको ठीक-ठीक समझ लेते हैं, उस समय उन्हें परमात्माके स्वरूपकी प्राप्ति हो जाती है ॥ ३४ ॥

एतन्निदर्शनं सम्यगसम्यगनिदर्शनम्।
बुध्यमानाप्रबुद्धानां पृथक्पृथगरिंदम ॥ ३५ ॥

शत्रुओंका दमन करनेवाले नरेश! ज्ञानी पुरुषोंका यह ज्ञान युक्तियुक्त होनेके कारण उत्तम और (अज्ञानियोंकी धारणासे) पृथक् है। इसके विपरीत अज्ञानी पुरुषोंका जो अप्रामाणिक ज्ञान है, [illegible] युक्तियुक्त न होनेके कारण ठीक नहीं है। यह पूर्वोक्त सम्यक् ज्ञानसे पृथक् है ॥ ३५ ॥

परस्परेणैतदुक्तं क्षराक्षरनिदर्शनम्।
एकत्वमक्षरं प्राहुर्नानात्वं क्षरमुच्यते ॥ ३६ ॥

[illegible] और अक्षरके तत्त्वका प्रतिपादन करनेवाला यह दर्शन मैंने तुम्हें बताया है। [illegible] और अक्षरमें परस्पर क्या अन्तर है? इसे इस प्रकार समझो—सदा एकरूपमें रहनेवाले परमात्मतत्त्वको अक्षर बताया गया है और नाना रूपोंमें प्रतीत होनेवाला यह प्राकृत प्रपञ्च क्षर कहलाता है ॥ ३६ ॥

पञ्चविंशतिनिष्ठोऽयं यदा सम्यक् प्रवर्तते।
एकत्वं दर्शनं [illegible] नानात्वं चाप्यदर्शनम् ॥ ३७ ॥

जब यह पुरुष पचीसवें तत्त्वस्वरूप परमात्मामें स्थित हो [illegible] है, तब उसकी स्थिति [illegible] बतायी जाती है—वह ठीक बर्ताव करता है, ऐसा माना [illegible] है। एकत्वका बोध ही [illegible] है और नानात्वका बोध ही अज्ञान है ॥ ३७ ॥

तत्त्वनिस्तत्त्वयोरेतत् पृथगेव निदर्शनम्।
पञ्चविंशतिसर्गं तु तत्त्वमाहुर्मनीषिणः ॥ ३८ ॥
निस्तत्त्वं पञ्चविंशस्य परमाहुर्निदर्शनम्।
सर्गस्य वर्गमाधारं तत्त्वं तत्त्वात् सनातनम् ॥ ३९ ॥

[illegible] (क्षर) और निस्तत्त्व (अक्षर) [illegible] यह पृथक् पृथक् [illegible] समझना चाहिये। कुछ मनीषी पुरुष पचीस तत्त्वोंको ही [illegible] कहते हैं; परंतु दूसरे विद्वानोंने चौबीस जड तत्त्वोंको तो तत्त्व कहा है और पचीसवें चेतन परमात्माको निस्तत्त्व (तत्त्वसे भिन्न) बताया है। यह चैतन्य ही परमात्मा- [illegible] है। महत्तत्त्व आदि जो विकार हैं, वे क्षरतत्त्व हैं और परम पुरुष परमात्मा उन 'क्षर' तत्त्वोंसे भिन्न उनका [illegible] आधार है ॥ ३८-३९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वसिष्ठकरालजनकसंवादे पञ्चाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्म-पर्वमें वसिष्ठकरालजनकसंवादविषयक तीन सौ पाँचवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०५ ॥

षडधिकत्रिशततमोऽध्यायः

योग और सांख्यके स्वरूपका वर्णन तथा आत्मज्ञानसे मुक्ति

जनक उवाच

नानात्वैकत्वमित्युक्तं त्वयैतदृषिसत्तम।
पश्याम्येतद्धि संदिग्धमेतयोर्वै निदर्शनम् ॥ १ ॥

जनकने पूछा—मुनिश्रेष्ठ! आपने क्षरको [illegible] और अक्षरको एकरूप बताया; किंतु इन दोनोंके तत्त्वका जो निर्णय किया गया है, उसे मैं अब भी संदेहकी दृष्टिसे [illegible] देखता हूँ ॥ १ ॥

मिथिलेश्वर ! जब योगी मनके द्वारा सम्पूर्ण इन्द्रियोंको और बुद्धिके द्वारा मनको स्थिर करके पत्थरकी भाँति अविचल हो जाय, सूखे काठकी भाँति निष्कम्प और पर्वतकी तरह स्थिर रहने लगे तभी शास्त्रके विधानको जाननेवाले विद्वान् पुरुष अपने अनुभवसे ही उसको योगयुक्त कहते हैं ॥ १४-१५ ॥

न शृणोति न चाघ्राति न रस्यति न पश्यति।
न च स्पर्शं विजानाति न संकल्पयते मनः ॥ १६ ॥
न चाभिमन्यते किंचिन्न च बुध्यति काष्ठवत्।
तदा प्रकृतिमापन्नं युक्तमाहुर्मनीषिणः ॥ १७ ॥

जिस समय वह न तो सुनता है, न सूँघता है, न स्वाद लेता है, न देखता है और न स्पर्शका ही अनुभव करता है, जब उसके मनमें किसी प्रकारका संकल्प नहीं उठता तथा काठकी भाँति स्थित होकर वह किसी भी वस्तुका अभिमान या सुख-दुःख नहीं रखता, उसी समय मनीषी पुरुष उसे अपने शुद्धस्वरूपको प्राप्त एवं योगयुक्त कहते हैं ॥ १६-१७ ॥

निर्वाते हि यथा दीप्यन् दीपस्तद्वत् प्रकाशते।
निर्लिङ्गोऽविचलश्चोर्ध्वं न तिर्यग् गतिमाप्नुयात् ॥ १८ ॥

उस अवस्थामें वह वायुरहित स्थानमें रखे हुए निश्चल-भावसे प्रज्वलित दीपककी भाँति प्रकाशित होता है। लिङ्ग शरीरसे उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहता। वह ऐसा निश्चल हो जाता है कि उसकी ऊपर-नीचे अथवा मध्यमें कहीं भी गति नहीं होती ॥ १८ ॥

तदा तमनुपश्येत यस्मिन् दृष्टे न कथ्यते।
हृदयस्थोऽन्तरात्मेति ज्ञेयो ज्ञस्तात मद्विधैः ॥ १९ ॥

जिनका साक्षात्कार कर लेनेपर मनुष्य कुछ बोल नहीं पाता, योगकालमें योगी उसी परमात्माको देखे। तात ! मुझ-जैसे लोगोंको अपने-अपने हृदयमें स्थित सबके ज्ञाता अन्त-रात्माका ही ज्ञान प्राप्त करना उचित है ॥ १९ ॥

विधूम इव सप्तार्चिरादित्य इव रश्मिमान्।
वैद्युतोऽग्निरिवाकाशे दृश्यतेऽऽत्मा तथाऽऽत्मनि ॥ २० ॥

ध्याननिष्ठ योगीको अपने हृदयमें उसी प्रकार परमात्माका साक्षात् दर्शन होता है जैसे धूमरहित अग्निका, किरणमालाओंसे मण्डित सूर्यका तथा आकाशमें विद्युत्के प्रकाशका दर्शन होता है ॥ २० ॥

यं पश्यन्ति महात्मानो धृतिमन्तो मनीषिणः।
ब्राह्मणा ब्रह्मयोनिस्था ह्ययोनिममृतात्मकम् ॥ २१ ॥

धैर्यवान्, मनीषी, ब्रह्मबोधक शास्त्रोंमें निष्ठा रखनेवाले और महात्मा ब्राह्मण ही उस अजन्मा एवं अमृतस्वरूप ब्रह्म-का दर्शन कर पाते हैं ॥ २१ ॥

तदेवाहुरणुभ्योऽणु तन्महद्भ्यो महत्तरम्।
तत् तत्त्वं सर्वभूतेषु ध्रुवं तिष्ठन् न दृश्यते ॥ २२ ॥

उसे ही अणुसे भी अणु और महान्से भी महान् कहा गया है। सम्पूर्ण प्राणियोंके भीतर वह अन्तर्यामीरूपसे अवश्य स्थिर रहता है तथापि किसीको दिखायी नहीं देता है ॥ २२ ॥

बुद्धिद्रव्येण दृश्येत मनोदीपेन लोककृत्।
महतस्तमसस्तात पारे तिष्ठन्नतामसः ॥ २३ ॥
स तमोनुद इत्युक्तः सर्वज्ञैर्वेदपारगैः।
विमलो वितमस्कश्च निर्लिङ्गोऽलिङ्गसंज्ञितः ॥ २४ ॥
योग एष हि योगानां किमन्यद् योगलक्षणम्।
एवं पश्यं प्रपश्यन्ति आत्मानमजरं परम् ॥ २५ ॥

सूक्ष्म बुद्धिरूप धन सम्पन्न पुरुष ही मनोमय दीपकके द्वारा उस लोकस्रष्टा परमात्माका साक्षात्कार कर सकते हैं। वह परमात्मा महान् अन्धकारसे परे और तमोगुणसे रहित है; इसलिये वेदके पारगामी सर्वज्ञ पुरुषोंने उसे तमोनुद (अज्ञान-नाशक) कहा है। वह निर्मल, अज्ञानरहित, लिङ्गहीन और अलिङ्ग नामसे प्रसिद्ध (उपाधिशून्य) है। यही योगियोंका योग है। इसके सिवा योगका और क्या लक्षण हो सकता है। इस तरह साधना करनेवाले योगी सबके द्रष्टा अजर-अमर परमात्माका दर्शन करते हैं ॥ २३–२५ ॥

योगदर्शनमेतावदुक्तं ते तत्त्वतो मया।
सांख्यज्ञानं प्रवक्ष्यामि परिसंख्यानदर्शनम् ॥ २६ ॥

यहाँतक मैंने तुम्हें यथार्थरूपसे योग-दर्शनकी बात बतायी है, अब सांख्यका वर्णन करता हूँ; यह विचारप्रधान दर्शन है ॥ २६ ॥

अव्यक्तमाहुः प्रकृतिं परां प्रकृतिवादिनः।
तस्मान्महत् समुत्पन्नं द्वितीयं राजसत्तम ॥ २७ ॥

नृपश्रेष्ठ ! प्रकृतिवादी विद्वान् मूल प्रकृतिको अव्यक्त कहते हैं। उससे दूसरा तत्त्व प्रकट हुआ, जिसे महत्तत्त्व कहते हैं ॥ २७ ॥

अहङ्कारस्तु महतस्तृतीयमिति नः श्रुतम्।
पञ्चभूतान्यहङ्कारादाहुः सांख्यात्मदर्शिनः ॥ २८ ॥

महत्तत्त्वसे अहंकार प्रकट हुआ; जो तीसरा तत्त्व है। ऐसा हमारे सुननेमें आया है। अहंकारसे पाँच सूक्ष्म भूतोंकी अर्थात् पञ्चतन्मात्राओंकी उत्पत्ति हुई; यह सांख्यात्मदर्शी विद्वानोंका कथन है ॥ २८ ॥

एताः प्रकृतयस्त्वष्टौ विकाराश्चापि षोडश।
पञ्च चैव विशेषा वै तथा पञ्चेन्द्रियाणि च ॥ २९ ॥

ये आठ प्रकृतियाँ हैं। इनसे सोलह तत्त्वोंकी उत्पत्ति होती है, जिन्हें विकार कहते हैं। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, एक मन और पाँच स्थूलभूत—ये सोलह विकार हैं। इनमेंसे आकाश आदि पाँच तत्त्व और पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ—ये विशेष कहलाते हैं ॥ २९ ॥

एतावदेव तत्त्वानां सांख्यमाहुर्मनीषिणः।
सांख्ये विधिविधानज्ञा नित्यं सांख्यपथे रताः ॥ ३० ॥

सांख्यशास्त्रीय विधिविधानके ज्ञाता और सदा सांख्यमार्गमें ही अनुरक्त रहनेवाले मनीषी पुरुष इतनी ही सांख्यसम्मत

सम्यग्दर्शनमेतावद् भाषितं [illegible] तत्त्वतः ।
एवमेतद् विजानन्तः साम्यतां प्रति यान्त्युत ॥ ४५ ॥

इस प्रकार मैंने तुमसे यह सम्यग्दर्शन (साख्य) [illegible] यथावत्‌रूपसे वर्णन किया है । जो इसे इस प्रकार जानते हैं, वे [illegible] ब्रह्मको [illegible] होते [illegible] ॥ ४५ ॥

सम्यङ्‌निदर्शनं नाम प्रत्यक्षं प्रकृतेस्तथा ।
गुणतत्त्वान्यथैतानि निर्गुणोऽन्यस्तथा भवेत् ॥ ४६ ॥

प्रकृति-पुरुषका प्रत्यक्ष-दर्शन (अपरोक्ष-अनुभव) ही सम्यग्दर्शन है । ये जो गुणमय तत्त्व हैं, इनसे भिन्न परमपुरुष परमात्मा निर्गुण हैं ॥ ४६ ॥

न त्वेवं वर्तमानानामावृत्तिर्विद्यते पुनः ।
विद्यतेऽक्षरभावत्वादपरं परमव्ययम् ॥ ४७ ॥

इस दर्शनके अनुसार ज्ञान प्राप्त करनेवालोंकी इस संसारमें पुनरावृत्ति नहीं होती; क्योंकि वे अविनाशी ब्रह्मभावको [illegible] हो जाते हैं, [illegible] परापरस्वरूप निर्विकार परब्रह्मरूपसे ही उनकी स्थिति होती है ॥ ४७ ॥

पश्येरन्नेकमतयो न सम्यक् तेषु दर्शनम् ।
ते व्यक्तं प्रतिपद्यन्ते पुनः पुनररिंदम ॥ ४८ ॥

शत्रुदमन नरेश ! जिनकी बुद्धि नानात्वका दर्शन करती है, उन्हें सम्यक् ज्ञानकी प्राप्ति नहीं होती । ऐसे लोगोंको बारंबार शरीर धारण करना पड़ता है ॥ ४८ ॥

सर्वमेतद् विजानन्तो नासर्वस्य प्रबोधनात् ।
व्यक्तीभूता भविष्यन्ति व्यक्तस्य वशवर्तिनः ॥ ४९ ॥

जो इस सारे प्रपञ्चको ही जानते हैं, वे इससे भिन्न परमात्माका [illegible] न जाननेके कारण निश्चय ही शरीरधारी होंगे और शरीर तथा काम-क्रोध आदि दोषोंके वशवर्ती बने रहेंगे ॥ ४९ ॥

सर्वमव्यक्तमित्युक्तमसर्वः पञ्चविंशकः ।
य एनमभिजानन्ति न भयं तेषु विद्यते ॥ ५० ॥

'सर्व' नाम है अव्यक्त प्रकृतिका और उससे भिन्न पचीसवें [illegible] परमात्माको असर्व कहा गया है । जो उन्हें इस प्रकार जानते हैं, उन्हें [illegible] भय नहीं होता है ॥५०॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वसिष्ठकराळजनकसंवादे षडधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वसिष्ठ और करालजनकका संवादविषयक तीन सौ छठा अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०६ ॥

सप्ताधिकत्रिशततमोऽध्यायः

विद्या-अविद्या, अक्षर और क्षर तथा प्रकृति और पुरुषके स्वरूपका एवं विवेकीके उद्धारका वर्णन

वसिष्ठ उवाच

सांख्यदर्शनमेतावदुक्तं ते नृपसत्तम ।
विद्याविद्ये त्विदानीं मे त्वं निबोधानुपूर्वशः ॥ १ ॥

वसिष्ठजी कहते हैं—नृपश्रेष्ठ ! यहाँतक मैंने तुम्हें सांख्यदर्शनकी [illegible] बतायी है । [illegible] इस समय तुम मुझसे विद्या और अविद्याका वर्णन क्रमसे सुनो ॥ १ ॥

अविद्यामाहुरव्यक्तं सर्गप्रलयधर्मि वै ।
सर्गप्रलयनिर्मुक्तां विद्यां [illegible] पञ्चविंशकः ॥ २ ॥

मुनियोंने सृष्टि और प्रलयरूप धर्मवाले कार्यसहित अव्यक्तको [illegible] अविद्या [illegible] है [illegible] चौबीस तत्त्वोंसे परे जो पचीसवाँ तत्त्व परम पुरुष परमात्मा है, जो सृष्टि और प्रलयसे रहित है, उसीको विद्या कहते हैं ॥ २ ॥

परस्परस्य विद्यां वै त्वं निबोधानुपूर्वशः ।
यथोक्तमृषिभिस्तात सांख्यस्यातिनिदर्शनम् ॥ ३ ॥

तात ! ऋषियोंने जिस प्रकार सांख्यदर्शनकी [illegible] बतायी है, उसी प्रकार तुम अव्यक्तका जो पारस्परिक भेद है, उनमें जो जिसकी विद्या है अर्थात् श्रेष्ठ है, उसका वर्णन क्रमसे सुनो ॥ ३ ॥

कर्मेन्द्रियाणां सर्वेषां विद्या बुद्धीन्द्रियं स्मृतम् ।
बुद्धीन्द्रियाणां च तथा विशेषा इति नः श्रुतम् ॥ [illegible] ॥

हमने सुन रक्खा है कि समस्त कर्मेन्द्रियोंकी विद्या ज्ञानेन्द्रियाँ मानी गयी हैं । अर्थात् कर्मेन्द्रियोंसे ज्ञानेन्द्रियाँ श्रेष्ठ हैं और ज्ञानेन्द्रियोंकी विद्या पञ्चमहाभूत हैं ॥ ४ ॥

विशेषाणां मनस्तेषां विद्यामाहुर्मनीषिणः ।
[illegible] पञ्च भूतानि विद्या इत्यभिचक्षते ॥ ५ ॥

मनीषी पुरुष कहते हैं कि स्थूल पञ्चभूतोंकी विद्या मन है और मनकी विद्या सूक्ष्म पञ्चभूत हैं ॥ ५ ॥

अहङ्कारस्तु भूतानां पञ्चानां नात्र संशयः ।
अहङ्कारस्य च [illegible] बुद्धिर्विद्या नरेश्वर ॥ ६ ॥

नरेश्वर ! उन सूक्ष्मपञ्चभूतोंकी विद्या अहंकार है, इसमें कोई संशय नहीं है तथा अहंकारकी विद्या बुद्धि मानी गयी है ॥ ६ ॥

विद्या प्रकृतिरव्यक्तं तत्त्वानां परमेश्वरी ।
विद्या ज्ञेया नरश्रेष्ठ विधिश्च परमः स्मृतः ॥ ७ ॥

नरश्रेष्ठ ! अव्यक्त नामवाली जो परमेश्वरी प्रकृति है, वह सम्पूर्ण तत्त्वोंकी विद्या है । यह विद्या जानने योग्य है । इसीको ज्ञानकी परम विधि कहते हैं ॥ ७ ॥

अव्यक्तस्य परं प्राहुर्विद्यां वै पञ्चविंशकम् ।
सर्वस्य सर्वमित्युक्तं ज्ञेयं ज्ञानस्य पार्थिव ॥ ८ ॥

पचीसवें तत्त्वके रूपमें जिस परम पुरुष परमात्मा

चर्चा की गयी है, उसीको अव्यक्त प्रकृतिकी परम विद्या बताया गया है। राजन्! वही सम्पूर्ण [illegible] सर्वरूप ज्ञेय है ॥

ज्ञानमव्यक्तमित्युक्तं ज्ञेयो [illegible] पञ्चविंशकः ।
तथैव ज्ञानमव्यक्तं विज्ञाता पञ्चविंशकः ॥ ९ ॥

ज्ञान [illegible] है और परम पुरुष [illegible] बताया गया है; उसी प्रकार [illegible] अव्यक्त है और [illegible] ज्ञाता परम पुरुष है ॥ ९ ॥

विद्याविद्यार्थतत्त्वेन मयोक्ता ते विशेषतः ।
अक्षरं च क्षरं चैव यदुक्तं तन्निबोध मे ॥ १० ॥

राजन्! मैंने तुम्हारे समक्ष यथार्थरूपसे विद्यासहित अविद्याका विशेषरूपसे वर्णन किया है। अब जो [illegible] और [illegible] कहे गये हैं; उनके विषयमें मुझसे सुनो ॥ १० ॥

उभावेवाक्षरावुक्तावुभावेतावनक्षरौ ।
कारणं [illegible] प्रवक्ष्यामि याथातथ्यं [illegible] ॥ ११ ॥

सांख्यमतमें प्रकृति और पुरुष दोनोंको ही अक्षर कहा गया है तथा ये ही दोनों क्षर भी हैं। मैं अपने ज्ञानके अनुसार इसका यथार्थ कारण बतलाता हूँ ॥ ११ ॥

अनादिनिधनावेतावुभावेवेश्वरौ मतौ ।
तत्त्वसंज्ञावुभावेतौ प्रोच्येते ज्ञानचिन्तकैः ॥ १२ ॥

ये दोनों ही अनादि और अनन्त हैं; अतः परस्पर संयुक्त होकर दोनों ही ईश्वर (सर्वसमर्थ) माने गये हैं। सांख्यशास्त्रका विचार करनेवाले विद्वान् इन दोनों- [illegible] ही 'तत्त्व' कहते हैं ॥ १२ ॥

सर्गप्रलयधर्मत्वादव्यक्तं प्राहुरक्षरम् ।
तदेतद् गुणसर्गाय विकुर्वाणं पुनः पुनः ॥ १३ ॥

सृष्टि और प्रलय प्रकृतिका धर्म है। इसलिये प्रकृतिको अक्षर कहा [illegible] है। वही प्रकृति महत्तत्त्व आदि गुणोंकी सृष्टिके लिये बारंबार विकारको [illegible] होती है; इसलिये उसे [illegible] भी कहा जाता है ॥ १३ ॥

गुणानां महदादीनामुत्पत्तिश्च परस्परम् ।
अधिष्ठानात् क्षेत्रमाहुरेतत्तत् पञ्चविंशकम् ॥ १४ ॥

महत्तत्त्व आदि गुणोंकी उत्पत्ति प्रकृति और पुरुषके परस्पर संयोगसे होती है; [illegible] दूसरेका अधिष्ठान होनेके कारण पुरुषको भी क्षेत्र कहते हैं ॥ १४ ॥

यदा [illegible] गुणजालं तदव्यक्तात्मनि संक्षिपेत् ।
तदा सह गुणैस्तैस्तु पञ्चविंशो विलीयते ॥ १५ ॥

योगी [illegible] अपने योगके प्रभावसे प्रकृतिके गुणसमूहको अव्यक्त मूल प्रकृतिमें विलीन कर देता है, तब उन गुणोंका विलय होनेके साथ-साथ पचीसवाँ तत्त्व पुरुष भी परमात्मामें मिल [illegible] है। इस दृष्टिसे उसे भी [illegible] कह सकते हैं ॥ १५ ॥

गुणा गुणेषु लीयन्ते तदैका प्रकृतिर्भवेत् ।
क्षेत्रज्ञोऽपि यदा तात तत्क्षेत्रे सम्प्रलीयते ॥ १६ ॥

[illegible]! [illegible] कार्यभूत गुण कारणभूत गुणोंमें लीन हो जाते हैं, [illegible] समय [illegible] कुछ एकमात्र प्रकृतिस्वरूप हो जाता है [illegible] जब क्षेत्रज्ञ भी परमात्मामें लीन हो [illegible] है, तब [illegible] भी पृथक् अस्तित्व नहीं रहता ॥ १६ ॥

तदा क्षरत्वं प्रकृतिर्गच्छते गुणसंश्रिता ।
निर्गुणत्वं च वैदेह गुणेष्वप्रतिवर्तनात् ॥ १७ ॥

विदेहराज! [illegible] त्रिगुणमयी प्रकृति [illegible] (नाश) को प्राप्त होती है और पुरुष भी गुणोंमें प्रवृत्त न होनेके कारण निर्गुण (गुणातीत) हो जाता है ॥ १७ ॥

एवमेव च क्षेत्रज्ञः क्षेत्रज्ञानपरिक्षये ।
प्रकृत्या निर्गुणस्त्वेष इत्येवमनुशुश्रुम ॥ १८ ॥

इस प्रकार जब क्षेत्रका ज्ञान नहीं रहता अर्थात् पुरुषको प्रकृतिका ज्ञान नहीं रहता, तब वह स्वभावसे ही निर्गुण है—यह हमने सुन [illegible] है ॥ १८ ॥

क्षरो भवत्येष यदा तदा गुणवतीमथ ।
प्रकृतिं त्वभिजानाति निर्गुणत्वं तथाऽऽत्मनः ॥ १९ ॥

जब यह पुरुष [illegible]र होता है, अर्थात् परमात्मामें लीन हो [illegible] है, उस समय वह प्रकृतिके सगुणत्वको और अपने निर्गुणत्वको यथार्थ समझ लेता है ॥ १९ ॥

तदा विशुद्धो भवति प्रकृतेः परिवर्जनात् ।
अन्योऽहमन्येयमिति यदा बुध्यति बुद्धिमान् ॥ २० ॥

इस तरह ज्ञानवान् पुरुष जब यह जान लेता है कि मैं [illegible] और यह प्रकृति मुझसे भिन्न है, तब वह प्रकृतिसे रहित हो जानेसे अपने [illegible] स्वरूपमें स्थित होता है ॥

तदैष तत्त्वतामेति न चापि मिश्रतां व्रजेत् ।
प्रकृत्या चैव राजेन्द्र मिश्रो [illegible] दृश्यते ॥ २१ ॥

राजेन्द्र! प्रकृतिसे संयोगके [illegible] उससे अभिन्न-सा प्रतीत होनेके [illegible] यह पुरुष तद्रूपताको प्राप्त हुआ-सा [illegible] पड़ता है, परंतु [illegible] अवस्थामें भी उसका प्रकृतिके [illegible] मिश्रण नहीं होता, उसकी पृथक्ता बनी रहती है। [illegible] प्रकार पुरुष प्रकृतिके साथ संयुक्त और पृथक् भी दिखायी देता है ॥ २१ ॥

[illegible] तु गुणजालं तत् प्राकृतं [illegible] जुगुप्सते ।
पश्यते च परं पश्यं तदा पश्यन्न संत्यजेत् ॥ २२ ॥

[illegible] वह प्राकृत गुणसमुदायको कुत्सित समझकर उससे विरत हो जाता है, उस समय वह परम दर्शनीय परमात्माका दर्शन [illegible] जाता है और उसको देखकर फिर भी उसका त्याग नहीं करता अर्थात् उससे अलग नहीं होता ॥ २२ ॥

[illegible] मया कृतमेतावद् योऽहं कालमिमं जनम् ।
मत्स्यो जालं ह्यविज्ञानादनुवर्तितवानिह ॥ २३ ॥

(जिस समय जीवात्माको विवेक होता है, उस समय वह [illegible] विचार करने लगता है—) 'ओह! मैंने यह क्या किया! जैसे मछली अज्ञानवश स्वयं ही जाकर जालमें फँस-जाती है, उसी [illegible] भी आजतक यहाँ इस प्राकृत शरीर-का ही अनुसरण करता रहा ॥ २३ ॥

अहमेव हि सम्मोहादन्यमन्यं जनाज्जनम् ।
मत्स्यो यथोदकज्ञानादनुवर्तितवानहम् ॥ २४ ॥

'जैसे मत्स्य पानीको ही अपने जीवनका मूल [illegible] एक जलाशयसे दूसरे जलाशयको जाता है, उसी तरह मैं भी मोहवश एक शरीरसे दूसरे शरीरमें भटकता रहा ॥२४॥

मत्स्योऽन्यत्वं यथाज्ञानादुदकान्नाभिमन्यते ।
आत्मानं तद्वदज्ञानादन्यत्वं नैव वेद्म्यहम् ॥२५॥

'जैसे [illegible] अज्ञानवश अपनेको जलसे भिन्न नहीं समझता, उसी प्रकार मैं भी अपनी अज्ञताके कारण [illegible] प्राकृत शरीरसे अपनेको भिन्न नहीं समझता था ॥ २५ ॥

ममास्तु धिगबुद्धस्य योऽहं मग्नमिमं पुनः ।
अनुवर्तितवान् मोहादन्यमन्यं जनाज्जनम् ॥२६॥

'मुझ मूढ़को धिक्कार है; जो कि संसारसागरमें डूबे हुए इस शरीरका आश्रय ले मोहवश एक शरीरसे दूसरे शरीरका अनुसरण करता रहा ॥ २६ ॥

अयमत्र भवेद् बन्धुरनेन सह मे क्षमम् ।
साम्यमेकत्वमायातो यादृशस्तादृशस्त्वहम् ॥२७॥

'वास्तवमें इस जगत्के भीतर यह परमात्मा ही मेरा बन्धु है । इसीके साथ मेरी मैत्री हो सकती है । पहले मैं कैसा भी क्यों न रहा होऊँ, इस [illegible] तो [illegible] इसकी [illegible] और एकताको प्राप्त हो चुका हूँ, जैसा वह है वैसा ही मैं हूँ॥

तुल्यतामिह पश्यामि सदृशोऽहमनेन वै ।
अयं हि विमलो व्यक्तमहमीदृशकस्तथा ॥२८॥

'इसीमें मुझे अपनी समानता दिखायी देती है । [illegible] इसके ही [illegible] हूँ । यह परमात्मा प्रत्यक्ष ही [illegible] निर्मल है और मैं भी ऐसा ही हूँ ॥ २८ ॥

योऽहमज्ञानसम्मोहादज्ञया सम्प्रवृत्तवान् ।
ससङ्गयाहं निःसङ्गः स्थितः कालमिमं त्वहम् ॥ २९ ॥

'मैं जो कि आसक्तिसे सर्वथा रहित हूँ तो भी अज्ञान एवं मोहके वशीभूत होकर इतने [illegible] इस आसक्तिमयी [illegible] प्रकृतिके साथ रमता रहा ॥ २९ ॥

अनयाहं वशीभूतः कालमेतं न बुद्धवान् ।
उच्चमध्यमनीचानां तामहं कथमावसे ॥ ३०॥

'इसने मुझे इस तरह वशमें कर लिया था कि मुझे आजतकके समयका पता ही न चला । यह तो उच्च, मध्यम तथा नीच सब श्रेणीके लोगोंके साथ रहती है । भला, इसके साथ मैं कैसे रह सकता हूँ ? ॥ ३० ॥

समानयानया चेह सह वासमहं कथम् ।
गच्छाम्यबुद्धभावत्वादेषेदानीं स्थिरो भवे ॥ ३१॥

'जो मेरे साथ संयुक्त होकर मेरी [illegible] करने लगी है, ऐसी इस प्रकृतिके साथ मैं मूर्खतावश सहवास कैसे कर सकता [illegible] ? यह लो, अब मैं स्थिर हो रहा हूँ ॥ ३१॥

सहवासं न यास्यामि कालमेतद्धि वञ्चनात् ।
वञ्चितोऽस्म्यनया यद्धि निर्विकारो विकारया ॥ ३२॥

'मैं निर्विकार होकर भी इस विकारमयी प्रकृतिके द्वारा ठगा गया । इतने समयतक इसने मेरे साथ ठगी की है । इसलिये अब इसके साथ नहीं रहूँगा ॥ ३२ ॥

न चायमपराधोऽस्या ह्यपराधो ह्ययं मम ।
योऽहमत्राभवं सक्तः पराङ्मुखमुपस्थितः ॥ ३३॥

'किंतु यह इसका अपराध नहीं है, सारा अपराध मेरा ही है; जो कि [illegible] परमात्मासे विमुख होकर इसमें आसक्त हुआ स्थित रहा ॥ ३३ ॥

ततोऽस्मि बहुरूपासु स्थितो मूर्तिष्वमूर्तिमान् ।
अमूर्तश्चापि मूर्तात्मा ममत्वेन प्रधर्षितः ॥ ३४॥

'यद्यपि मैं सर्वथा अमूर्त हूँ अर्थात् किसी आकारवाला नहीं हूँ तो भी मैं प्रकृतिकी अनेक रूपवाली मूर्तियोंमें स्थित हुआ देहरहित होकर भी ममतासे परास्त होनेके कारण देहधारी बना रहा ॥ ३४॥

प्राक् कृतेन ममत्वेन तासु तास्विह योनिषु ।
निर्ममस्य ममत्वेन किं कृतं [illegible] तासु च ॥ ३५॥

'पहले जो मैंने इसके प्रति ममता की थी, उसके कारण मुझे भिन्न-भिन्न योनियोंमें भटकना पड़ा । यद्यपि मैं ममतारहित हूँ तो भी इस प्रकृतिजनित ममताने भिन्न भिन्न योनियोंमें मुझे डालकर मेरी बड़ी दुर्दशा [illegible] डाली ॥ ३५॥

योनीषु वर्तमानेन नष्टसंज्ञेन चेतसा ।
न ममात्रानया कार्यमहंकारकृतात्मया ॥ ३६॥

'इसके साथ नाना प्रकारकी योनियोंमें भटकनेके कारण मेरी चेतना खो गयी थी । अब इस अहंकारमयी प्रकृतिसे मेरा कोई काम नहीं है ॥ ३६ ॥

आत्मानं बहुधा कृत्वा येयं भूयो युनक्ति माम् ।
इदानीमेष बुद्धोऽस्मि निर्ममो निरहंकृतः ॥ ३७॥

'अब भी यह बहुत से [illegible] धारण करके मेरे साथ संयोगकी चेष्टा [illegible] रही है; किंतु [illegible] सावधान हो गया हूँ, इसलिये ममता और अहंकारसे रहित हो गया हूँ ॥३७॥

ममत्वमनया नित्यमहंकारकृतात्मकम् ।
अपेत्याहमिमां हित्वा संश्रयिष्ये निरामयम् ॥ ३८॥

'अब तो इसको और इसकी अहंकारस्वरूपिणी ममताको त्यागकर इससे सर्वथा अतीत होकर मैं निरामय परमात्माकी शरण लूँगा ॥ ३८ ॥

अनेन साम्यं यास्यामि नानयाहमचेतया ।
क्षेमं मम सहानेन नैकत्वमनया सह ॥ ३९॥

'[illegible] परमात्माकी ही समानता प्राप्त करूँगा । इस जड़ प्रकृतिकी समानता नहीं धारण करूँगा । परमात्माके साथ संयोग करनेमें ही मेरा कल्याण है । [illegible] प्रकृतिके [illegible] नहीं॥

एवं परमसम्बोधात् पञ्चविंशोऽनुबुद्धवान् ।
अक्षरत्वं नियच्छेत त्यक्त्वा क्षरमनामयम् ॥ ४०॥

"इस प्रकार उत्तम विवेकके द्वारा अपने शुद्ध स्वरूपका ज्ञान प्राप्तकर चौबीस तत्त्वोंसे परे पचीसवाँ [illegible] क्षरभाव (विनाशशीलता) का त्याग करके निरामय अक्षरभावको [illegible] होता है ॥ ४० ॥

अव्यक्तं व्यक्तधर्माणं सगुणं निर्गुणं तथा ।
निर्गुणं प्रथमं दृष्ट्वा तादृग् भवति मैथिल ॥ ४१ ॥

"मिथिलानरेश ! अव्यक्त प्रकृति, व्यक्त महत्तत्त्वादि, सगुण (जडवर्ग), निर्गुण (आत्मा) तथा सबके आदि-भूत निर्गुण परमात्माका साक्षात्कार करके मनुष्य स्वयं भी वैसा ही हो [illegible] है ॥ ४१ ॥

अक्षरक्षरयोरेतदुक्तं तव निदर्शनम् ।
मयेह ज्ञानसम्पन्नं यथाश्रुतिनिदर्शनात् ॥ ४२ ॥

राजन् ! वेदमें जैसा वर्णन किया गया है, उसके अनुरूप यह क्षर-अक्षरका विवेक करानेवाला ज्ञान मैंने तुम्हें सुनाया है ॥

निःसंदिग्धं च सूक्ष्मं च विबुद्धं विमलं [illegible] ।
प्रवक्ष्यामि [illegible] ते भूयस्तन्निबोध यथाश्रुतम् ॥ ४३ ॥

अब पुनः श्रुतिके अनुसार संदेहरहित, सूक्ष्म [illegible] अत्यन्त निर्मल विशिष्ट ज्ञानकी बात तुम्हें बता रहा हूँ, सुनो ॥

सांख्ययोगौ मया प्रोक्तौ शास्त्रद्वयनिदर्शनात् ।
यदेव शास्त्रं सांख्योक्तं योगदर्शनमेव तत् ॥ ४४ ॥

मैंने सांख्य और योगका जो वर्णन किया है, उसमें इन दोनोंको पृथक्-पृथक् दो शास्त्र बताया है; परंतु वास्तवमें जो सांख्यशास्त्र है, वही योगशास्त्र भी है (क्योंकि दोनोंका फल एक ही है) ॥ ४४ ॥

प्रबोधनकरं ज्ञानं सांख्यानामवनीपते ।
विस्पष्टं प्रोच्यते तत्र शिष्याणां हितकाम्यया ॥ ४५ ॥

पृथ्वीनाथ ! मैंने शिष्योंके हितकी कामनासे उनके लिये [illegible] जो सांख्यदर्शन है, उसका तुम्हारे निकट स्पष्टरूपसे वर्णन किया है ॥ ४५ ॥

बृहच्चैवमिदं शास्त्रमित्याहुर्विदुषो जनाः ।
अस्मिंश्च शास्त्रे योगानां पुनर्वेदे पुरःसरः ॥ ४६ ॥

विद्वान् पुरुषोंका कहना है कि यह सांख्यशास्त्र महान् है । इस शास्त्रमें, योगशास्त्रमें [illegible] वेदमें अधिक प्रामाणि-[illegible] समझकर मनुष्यको इनके अध्ययनके लिये आगे बढ़ना चाहिये ॥ ४६ ॥

पञ्चविंशात् परं तत्त्वं पठ्यते न नराधिप ।
सांख्यानां तु परं तत्त्वं यथावदनुवर्णितम् ॥ ४७ ॥

नरेश्वर ! सांख्यशास्त्रके आचार्य पचीसवें तत्त्वसे परे और किसी तत्त्वका वर्णन नहीं करते हैं । यह मैंने सांख्योंके परम [illegible] यथावत्‌रूपसे वर्णन किया है ॥ ४७ ॥

बुद्धमप्रतिबुद्धत्वाद् बुध्यमानं च तत्त्वतः ।
बुध्यमानं [illegible] बुद्धं च प्राहुर्योगनिदर्शनम् ॥ ४८ ॥

जो नित्य [illegible] परब्रह्म परमात्मा है, वही [illegible] है [illegible] जो परमात्मतत्त्वको न जाननेके कारण जिज्ञासु जीवात्मा है, उसकी 'बुध्यमान' संज्ञा होती है । इस प्रकार योगके सिद्धान्तके अनुसार बुद्ध (नित्य ज्ञानसम्पन्न परमात्मा) और बुध्यमान (जिज्ञासु जीव)—ये दो चेतन माने गये हैं ॥४८॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वसिष्ठकरालजनकसंवादे सप्ताधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०७ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वसिष्ठकरालजनकसंवादविषयक तीन सौ सातवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०७ ॥

अष्टाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

क्षर-अक्षर और परमात्म-तत्त्वका वर्णन, जीवके नानात्व और एकत्वका दृष्टान्त, उपदेशके अधिकारी और अनधिकारी तथा इस ज्ञानकी परम्पराको बताते हुए वसिष्ठ-करालजनक-संवादका उपसंहार

वसिष्ठ उवाच

अथ बुद्धमथाबुद्धमिमं गुणविधिं शृणु ।
आत्मानं बहुधा कृत्वा तान्येव प्रविचक्षते ॥ १ ॥

वसिष्ठजी कहते हैं—राजन् ! अब बुद्ध (परमात्मा), अबुद्ध (जीवात्मा) और इस गुणमयी सृष्टि (प्राकृत प्रपञ्च) [illegible] वर्णन सुनो । जीवात्मा अपने आपको अनेक रूपोंमें प्रकट करके उन रूपोंको [illegible] मानकर देखता रहता है ॥

एतदेवं विकुर्वाणो बुध्यमानो न बुध्यते ।
गुणान् धारयते [illegible] सृजत्याक्षिपते तदा ॥ २ ॥

वास्तवमें ज्ञानसम्पन्न होनेपर भी [illegible] प्रकार प्रकृतिके संसर्गसे विकारको प्राप्त हुआ जीवात्मा ब्रह्मको नहीं जान पाता । वह गुणोंको धारण करता है; अतः कर्तृत्वका अभिमान लेकर रचना और संहार किया करता है ॥ [illegible] ॥

अजस्रं त्विह क्रीडार्थं विकरोति जनाधिप ।
अव्यक्तबोधनाच्चैव बुध्यमानं वदन्त्यपि ॥ ३ ॥

जनेश्वर ! जीवात्मा इस जगत्‌में सदा क्रीड़ा करनेके लिये ही विकारको प्राप्त होता है । वह अव्यक्त प्रकृतिको जानता है, इसलिये ऋषि-मुनि उसे 'बुध्यमान' कहते हैं ॥ ३ ॥

न त्वेव बुध्यतेऽव्यक्तं सगुणं तात निर्गुणम् ।
कदाचित् त्वेव खल्वेतदाहुरप्रतिबुद्धकम् ॥ [illegible] ॥

[illegible] ! परब्रह्म परमात्मा सगुण हो या निर्गुण, उसे प्रकृति कभी नहीं जानती (क्योंकि वह जड है), अतः सांख्यवादी विद्वान् [illegible] प्रकृतिको अप्रतिबुद्ध (ज्ञानशून्य) कहते हैं ॥ ४ ॥

बुध्यते यदि वाव्यक्तमेतद् वै पञ्चविंशकम् ।

बुध्यमानो भवत्येव सङ्गात्मक इति श्रुतिः।
अनेनाप्रतिबुद्धेति वदन्त्यव्यक्तमच्युतम् ॥ ५ ॥

यदि यह मान लिया जाय कि प्रकृति भी जानती है तो यह केवल पचीसवें तत्त्व--पुरुषको ही उससे संयुक्त होकर जान पाती है, प्रकृतिके साथ संयुक्त होनेके कारण ही जीव सङ्गात्मक (सङ्गी) होता है; ऐसा श्रुतिका कथन है। इस सङ्गदोषके कारण ही अव्यक्त एवं अविकारी जीवात्माको लोग 'मूढ़' कह दिया करते हैं ॥ ५ ॥

अव्यक्तबोधनाच्चापि बुध्यमानं वदन्त्युत।
पञ्चविंशं महात्मानं न चासावपि बुध्यते ॥ ६ ॥
षड्विंशं विमलं बुद्धमप्रमेयं सनातनम्।
स तु तं पञ्चविंशं च चतुर्विंशं च बुध्यते ॥ [illegible] ॥

पचीसवाँ तत्त्वरूप महान् आत्मा अव्यक्त प्रकृतिको [illegible] है, इसलिये उसे 'बुध्यमान' कहते हैं; परंतु वह भी छब्बीसवें तत्त्वरूप निर्मल नित्य शुद्ध बुद्ध अप्रमेय सनातन परमात्माको नहीं जानता है; किंतु वह सनातन परमात्मा [illegible] पचीसवें तत्त्वरूप जीवात्माको तथा चौबीसवीं प्रकृतिको भी भलीभाँति जानता है ॥ ६-७ ॥

दृश्यादृश्ये ह्यनुगतं स्वभावेन महाद्युते।
अव्यक्तमत्र तद् ब्रह्म बुध्यते तात केवलम् ॥ ८ ॥

तात ! महातेजस्वी नरेश ! वह अव्यक्त एवं अद्वितीय [illegible] यहाँ दृश्य और अदृश्य सभी वस्तुओंमें स्वभावसे ही व्याप्त है; अतः वह सबको जानता है ॥ ८ ॥

केवलं पञ्चविंशं च चतुर्विंशं न पश्यति।
बुध्यमानो यदाऽऽत्मानमन्योऽहमिति मन्यते ॥ ९ ॥
तदा प्रकृतिमानेष भवत्यव्यक्तलोचनः।

चौबीसवीं अव्यक्त प्रकृति न तो अद्वितीय ब्रह्मको देख पाती है और न पचीसवें तत्त्वरूप जीवात्माको। जब जीवात्मा अव्यक्त ब्रह्मकी ओर दृष्टि रखकर अपनेको प्रकृतिसे भिन्न मानता है, तब यह प्रकृतिका अधिपति हो जाता है ॥ ९½ ॥

बुध्यते [illegible] परां बुद्धिं विशुद्धाममलां यदा ॥ १० ॥
षड्विंशो राजशार्दूल [illegible] बुद्धत्वमाव्रजेत्।
ततस्त्यजति सोऽव्यक्तं सर्गप्रलयधर्मि वै ॥ ११ ॥

नृपश्रेष्ठ ! जब जीवात्मा शुद्ध ब्रह्मविषयिणी, निर्मल एवं सर्वोत्कृष्ट बुद्धिको प्राप्त कर लेता है, तब वह छब्बीसवें तत्त्वरूप परब्रह्मका साक्षात्कार करके तद्रूप हो जाता है। [illegible] स्थितिमें [illegible] नित्य शुद्ध-बुद्ध ब्रह्मभावमें ही प्रतिष्ठित होता है। फिर तो वह सृष्टि और प्रलयरूप धर्मवाली अव्यक्त प्रकृतिसे सर्वथा अतीत हो जाता है ॥ १०-११ ॥

निर्गुणः प्रकृतिं वेद गुणयुक्तामचेतनाम्।
ततः केवलधर्मासौ भवत्यव्यक्तदर्शनात् ॥ १२ ॥

वह गुणोंसे अतीत होकर त्रिगुणमयी प्रकृतिको जडरूपमें जान लेता है, इस प्रकार प्रकृतिको अपनेसे सर्वथा [illegible] देखनेके कारण वह कैवल्यको प्राप्त हो जाता है ॥ १२ ॥

केवलेन [illegible] विमुक्तोऽऽत्मानमाप्नुयात्।
एतत् [illegible] तत्त्वमित्याहुर्निस्तत्त्वमजरामरम् ॥ १३ ॥

केवल (अद्वितीय) ब्रह्मसे मिलकर [illegible] प्रकारके बन्धनों से मुक्त हुआ अपने परमार्थस्वरूप परमात्माको प्राप्त हो जाता है। इसीको परमार्थतत्त्व कहते हैं। यह सब तत्त्वोंसे अतीत तथा जरा-मरणसे रहित है ॥ १३ ॥

तत्त्वसंश्रयणादेतत् तत्त्ववन्न च मानद।
पञ्चविंशति तत्त्वानि प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ १४ ॥

सबको मान देनेवाले नरेश ! जीवात्मा तत्त्वोंका आश्रय लेनेसे ही तत्त्व-सदृश प्रतीत होता है। वास्तवमें वह तत्त्वोंका द्रष्टामात्र होनेके कारण तत्त्व नहीं है--तत्त्वोंसे सर्वथा भिन्न ही है। इस प्रकार मनीषी पुरुष (प्रकृतिके चौबीस तत्त्वोंके साथ) जीवात्माको भी एक तत्त्व मानकर कुल पचीस तत्त्वों का प्रतिपादन करते हैं ॥ १४ ॥

न चैष तत्त्ववांस्तात निस्तत्त्वस्त्वेष बुद्धिमान्।
एष मुञ्चति तत्त्वं हि क्षिप्रं बुद्धस्य लक्षणम् ॥ १५ ॥

तात ! यह जीवात्मा वास्तवमें तत्त्वोंसे अतीत है, अतः तद्रूप नहीं होता है; अपितु ज्ञानवान् होनेके कारण ब्रह्मज्ञानका उदय होनेपर यह शीघ्र ही प्राकृत तत्त्वोंका त्याग कर देता है और उसमें नित्य शुद्ध-बुद्ध ब्रह्मके लक्षण प्रकट हो जाते हैं ॥

षड्विंशोऽहमिति प्राज्ञो गृह्यमाणोऽजरामरः।
केवलेन बलेनैव समतां यात्यसंशयम् ॥ १६ ॥

'मैं पचीस तत्त्वोंसे भिन्न छब्बीसवाँ परमात्मा हूँ। नित्य ज्ञानसम्पन्न और जाननेके योग्य अजर अमरस्वरूप हूँ,' इस प्रकार विचार करते-करते जीवात्मा केवल विवेक-बलसे ही ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है, इसमें संशय नहीं है ॥ १६ ॥

षड्विंशेन प्रबुद्धेन बुध्यमानोऽप्यबुद्धिमान्।
एतन्नानात्वमित्युक्तं सांख्यश्रुतिनिदर्शनात् ॥ १७ ॥

जीव छब्बीसवें तत्त्व ज्ञानस्वरूप परमात्माके प्रकाशसे ही जडवर्गको जानता है; परंतु उसे जानकर भी परमात्माको न जाननेके कारण वह अज्ञानी ही रह जाता है। यह अज्ञान ही जीवके नानात्वरूप बन्धनका कारण बताया जाता है। जैसा कि सांख्यशास्त्र और श्रुतियोंद्वारा दिग्दर्शन कराया गया है ॥

चेतनेन समेतस्य पञ्चविंशतिकस्य ह।
एकत्वं वै भवत्यस्य यदा बुद्ध्या न बुध्यते ॥ १८ ॥

जब जीवात्मा बुद्धिके द्वारा जडवर्गको अपना नहीं समझता अर्थात् उससे सम्बन्ध नहीं जोड़ता, तब नित्य चेतन परमात्मासे संयुक्त हुए [illegible] जीवात्माकी परमात्माके साथ एकता हो जाती है ॥ १८ ॥

बुध्यमानोऽप्रबुद्धेन समतां याति मैथिल।
सङ्गधर्मा भवत्येष निःसङ्गात्मा नराधिप ॥ १९ ॥

मिथिलानरेश ! [illegible] जीवात्मा जडवर्गको अपना

समझता है, तबतक वह जडवर्गकी ही समताको वह प्राप्त होता है। यद्यपि वह स्वरूपसे असङ्ग है, तो भी प्रकृतिके सम्पर्कसे आसक्तिरूप धर्मवाला हो जाता है ॥ १९ ॥

निःसङ्गात्मानमासाद्य षड्विंशकमजं विभुम्।
विभुस्त्यजति चाव्यक्तं यदा त्वेतद् विबुद्ध्यते ॥ २० ॥
चतुर्विंशमसारं च षड्विंशस्य प्रबोधनात्।

छब्बीसवाँ तत्त्व परमात्मा अजन्मा, सर्वव्यापी और सङ्ग-दोषसे रहित है। उसकी शरण लेकर जब जीवात्मा उसके स्वरूपका साक्षात्कार कर लेता है, तब परमात्मज्ञानके प्रभावसे स्वयं भी सर्वव्यापी हो जाता है तथा चौबीस तत्त्वोंसे युक्त प्रकृतिको असार समझकर त्याग देता है ॥ २०३ ॥

एष ह्यप्रतिबुद्धश्च बुध्यमानश्च तेऽनघ ॥ २१ ॥
प्रोक्तो बुद्धश्च तत्त्वेन यथाश्रुतिनिदर्शनात्।
नानात्वैकत्वमेतावद् द्रष्टव्यं शास्त्रदर्शनात् ॥ २२ ॥

निष्पाप नरेश ! इस प्रकार मैंने तुमसे अप्रतिबुद्ध (क्षर), बुध्यमान (अक्षर जीवात्मा) और बुद्ध (ज्ञान-स्वरूप परमात्मा)—इन तीनोंका श्रुतिके निर्देशके अनुसार यथार्थरूपसे प्रतिपादन किया है। शास्त्रीय दृष्टिके अनुसार जीवात्माके नानात्व और एकत्वको इसी तरह समझना चाहिये ॥

मशकोदुम्बरे यद्वदन्यत्वं तद्वदेतयोः।
मत्स्योदके यथा तद्वदन्यत्वमुपलभ्यते ॥ २३ ॥

जैसे गूलर और उसके कीड़े एक साथ रहते हुए भी परस्पर भिन्न हैं, उसी प्रकार प्रकृति और पुरुषमें भी भिन्नता है। जैसे मछली और जल एक-दूसरेसे भिन्न हैं, उसी प्रकार प्रकृति और पुरुषमें भी भेद उपलब्ध होता है ॥ २३ ॥

एवमेवावगन्तव्यं नानात्वैकत्वमेतयोः।
एतद्धि मोक्ष इत्युक्तमव्यक्तज्ञानसंहितम् ॥ २४ ॥

इसी प्रकार प्रकृति और पुरुषकी एकता और अनेकता-को समझना चाहिये। अव्यक्त प्रकृतिका पुरुषसे जो नित्य भेद है, उसके यथार्थज्ञानसे पुरुष उसके बन्धनसे मुक्त हो जाता है। इसीको मोक्ष कहा जाता है ॥ २४ ॥

पञ्चविंशतिकस्यास्य योऽयं देहेषु वर्तते।
एष मोक्षयितव्येति प्राहुरव्यक्तगोचरात् ॥ २५ ॥

इस शरीरमें जो पचीसवाँ तत्त्व अन्तर्यामी पुरुष विद्यमान है, उसे अव्यक्तके कार्यभूत महत्तत्त्वादिके बन्धनसे मुक्त करना आवश्यक है, ऐसा विद्वान् पुरुष कहते हैं ॥ २५ ॥

सोऽयमेवं विमुच्येत नान्यथेति विनिश्चयः।
परेण परधर्मा च भवत्येष समेत्य वै ॥ २६ ॥

वह यह जीवात्मा पूर्वोक्त प्रकारसे ही मुक्त हो सकता है, अन्यथा नहीं। यही विद्वानोंका निश्चय है। वह दूसरेसे मिल-कर उसीका समानधर्मी हो जाता है ॥ २६ ॥

विशुद्धधर्मा शुद्धेन बुद्धेन च स बुद्धिमान्।
विमुक्तधर्मा मुक्तेन समेत्य पुरुषर्षभ ॥ २७ ॥

पुरुषप्रवर ! जीवात्मा शुद्ध पुरुषका सङ्ग करके विशुद्ध धर्मवाला होता है। किसी ज्ञानी या बुद्धिमान्‌का सङ्ग करनेसे बुद्धिमान् होता है। किसी मुक्तसे मिलनेपर उसमें मुक्तके-से ही धर्म या [illegible] होते हैं ॥ २७ ॥

वियोगधर्मिणा चैव विमुक्तात्मा भवत्यथ।
विमोक्षिणा विमोक्षश्च समेत्येह [illegible] भवेत् ॥ २८ ॥

जिसका प्रकृतिसे सम्बन्ध छूट गया है, ऐसे पुरुषसे मिलनेपर वह विमुक्तात्मा होता है। जो मोक्षधर्मसे युक्त है, उसका साथ करनेसे जीवको मोक्ष प्राप्त होता है ॥ २८ ॥

शुचिकर्मा शुचिश्चैव भवत्यमितदीप्तिमान्।
विमलात्मा च भवति समेत्य विमलात्मना ॥ २९ ॥

जिसके आचार-विचार शुद्ध हैं, उससे मिलनेपर वह पवित्र-कर्मा एवं पवित्र होता है। जिसका अन्तःकरण निर्मल है, उसके सम्पर्कमें जानेपर वह भी निर्मलात्मा और अमित-तेजस्वी होता है ॥ २९ ॥

केवलात्मा [illegible] चैव केवलेन समेत्य वै।
[illegible] स्वतन्त्रेण स्वतन्त्रत्वमवाप्नुते ॥ ३० ॥

अद्वितीय परमात्मासे सम्बन्ध स्थापित करके वह तद्रूपता-को [illegible] हो जाता है अर्थात् अद्वितीय परमात्माको प्राप्त हो जाता है। स्वतन्त्र परमेश्वरसे सम्बन्ध रखनेके कारण वह वास्तवमें स्वतन्त्र होकर वास्तविक स्वतन्त्रता प्राप्त कर लेता है ॥

एतावदेतत् कथितं मया ते
तथ्यं महाराज यथार्थतत्त्वम्।
अमत्सरत्वं परिगृह्य चार्थं
सनातनं ब्रह्म विशुद्धमाद्यम् ॥ ३१ ॥

महाराज ! मैंने ईर्ष्या-द्वेषसे रहित भावको स्वीकार करके और तुम्हारे प्रयोजनको समझकर तुमसे प्रेमपूर्वक इस शुद्ध सनातन एवं सबके आदिभूत सत्यस्वरूप ब्रह्मके यथार्थ तत्त्वका इस रूपमें वर्णन किया है ॥ ३१ ॥

नावेदनिष्ठस्य जनस्य राजन्
प्रदेयमेतत् परमं त्वया भवेत्।
विधित्समानाय विबोधकारणं
प्रबोधहेतोः प्रणतस्य शासनम् ॥ ३२ ॥

राजन् ! जो मनुष्य वेदमें श्रद्धा रखनेवाला न हो, उसे इस उत्तम ज्ञानका उपदेश तुम्हें नहीं करना चाहिये। जिसे बोधके लिये अधिक प्यास हो तथा जो जिज्ञासुभावसे शरणमें आया हो, वही इस उपदेशको सुननेका अधिकारी है ॥ ३२ ॥

न देयमेतच्च तथानृतात्मने
शठाय क्लीबाय न जिह्मबुद्धये।
न पण्डितज्ञानपरोपतापिने
देयं [illegible] देयं [illegible] निबोध यादृशे ॥ ३३ ॥

असत्यवादी, शठ, नीच, कपटी, अपनेको पण्डित माननेवाले और दूसरेको [illegible] पहुँचानेवाले मनुष्यको भी

इसका उपदेश नहीं देना चाहिये। कैसे पुरुषको इस ज्ञानका उपदेश देना और अवश्य देना चाहिये—यह भी सुन लो ॥ ३३ ॥

श्रद्धान्विताथाय गुणान्विताय
परापवादाद् विरताय नित्यम्।
विशुद्धयोगाय बुधाय नित्यं
क्रियावते च क्षमिणे हिताय ॥ ३४ ॥
विविक्तशीलाय विधिप्रियाय
विवादहीनाय बहुश्रुताय।
विजानते चैव न चाहितक्षमे
दमे च [illegible] शमे च देयम् ॥ ३५ ॥

श्रद्धालु, गुणवान्, परनिन्दासे सदा दूर रहनेवाले, विशुद्ध योगी, विद्वान्, सदा शास्त्रोक्त कर्म करनेवाले, क्षमाशील, सबके हितैषी, एकान्तवासी, शास्त्रविधिका आदर करनेवाले, विवादहीन, बहुज्ञ, विज्ञ, किसीका अहित न करनेवाले [illegible] इन्द्रियसंयम एवं मनोनिग्रहमें समर्थ पुरुषको ही इस [illegible] उपदेश देना चाहिये ॥ ३४-३५ ॥

एतैर्गुणैर्हीनतमे [illegible] देय-
मेतत् परं [illegible] विशुद्धमाहुः।
[illegible] श्रेयसा योक्ष्यति तादृशे कृतं
धर्मप्रवक्तारमपात्रदानात् ॥ ३६ ॥

जो इन सद्गुणोंसे अत्यन्त हीन हो, उसे इसका उपदेश नहीं देना चाहिये। यह ज्ञान विशुद्ध परब्रह्मस्वरूप बताया गया है। वैसे गुणहीन पुरुषको दिया हुआ यह [illegible] उसके लिये कल्याणकारी नहीं होगा तथा कुपात्रको उपदेश देनेसे यह वक्ताका भी कल्याण नहीं करेगा ॥ ३६ ॥

पृथ्वीमिमां यद्यपि रत्नपूर्णां
दद्यान्न देयं त्विदमव्रताय।
जितेन्द्रियायैतदसंशयं ते
भवेत् प्रदेयं परमं नरेन्द्र ॥ ३७ ॥

नरेन्द्र! जिसने [illegible] और नियमोंका पालन न किया हो, वह यदि रत्नोंसे भरी हुई इस सारी पृथ्वीका राज्य दे तो भी उसे इस ज्ञानका उपदेश नहीं देना चाहिये। परंतु जितेन्द्रिय पुरुषको निस्संदेह इस परम उत्तम ज्ञानका उपदेश देना तुम्हें उचित है ॥ ३७ ॥

[illegible] मा ते भयमस्तु किञ्चि-
देतच्छ्रुतं [illegible] परं त्वयाद्य।
यथावदुक्तं परमं पवित्रं
विशोकमत्यन्तमनादिमध्यम् ॥ ३८ ॥
अगाधजन्मामरणं च राजन्
निरामयं वीतभयं शिवं च।
समीक्ष्य मोहं त्यज [illegible] सर्वं
ज्ञानस्य तत्त्वार्थमिदं विदित्वा ॥ ३९ ॥

कराल! तुमने मुझसे आज परब्रह्मका ज्ञान सुना है; अतः तुम्हारे मनमें तनिक भी भय नहीं होना चाहिये। वह परब्रह्म परम पवित्र, शोकरहित, आदि, मध्य और अन्तसे शून्य, जन्म-मृत्युसे बचानेवाला, निरामय, निर्भय तथा कल्याणमय है। राजन्! उसका मैंने यथावत्‌रूपसे प्रतिपादन किया है। यही सम्पूर्ण ज्ञानोंका तात्त्विक अर्थ है। ऐसा जान कर उसका ज्ञान प्राप्त करके आज मोहका परित्याग कर दो ॥

अवाप्तमेतद्धि मया सनातना-
द्धिरण्यगर्भाद् गदतो नराधिप।
प्रसाद्य [illegible] तमुग्रचेतसं
सनातनं [illegible] यथाद्य वै त्वया ॥ ४० ॥

नरेश्वर! जिस [illegible] आज तुमने मुझसे सनातन ब्रह्मका ज्ञान प्राप्त किया है; इसी प्रकार मैंने भी हिरण्यगर्भ नामसे प्रसिद्ध सनातन उग्रचेता ब्रह्माजीके मुखसे, उन्हें बड़े यत्नसे प्रसन्न करके, इसे प्राप्त किया था ॥ ४० ॥

पृष्टस्त्वया चास्मि [illegible] नरेन्द्र
यथा मयेदं त्वयि चोक्तमद्य।
तथावाप्तं ब्रह्मणो मे नरेन्द्र
महाज्ञानं मोक्षविदां परायणम् ॥ ४१ ॥

नरेन्द्र! जैसे तुमने मुझसे पूछा है और जैसे मैंने तुम्हारे प्रति आज इस ज्ञानका उपदेश किया है, उसी प्रकार मैंने भी ब्रह्माजीसे प्रश्न करके उनके मुखसे इस महान् ज्ञानको प्राप्त किया है। यह मोक्षज्ञानियोंका परम आश्रय है ॥ ४१ ॥

भीष्म उवाच

एतदुक्तं परं ब्रह्म यस्मान्नावर्तते पुनः।
पञ्चविंशो महाराज परमर्षिनिदर्शनात् ॥ ४२ ॥

भीष्मजी कहते हैं—महाराज! महर्षि वसिष्ठके बताये अनुसार यह परब्रह्मका स्वरूप मैंने तुम्हें बताया है, जिसे पाकर जीवात्मा फिर इस संसारमें नहीं लौटता ॥ ४२ ॥

पुनरावृत्तिमाप्नोति परं ज्ञानमवाप्य च।
नावबुध्यति तत्त्वेन बुध्यमानोऽजरामरम् ॥ ४३ ॥

जो इस उत्तम ज्ञानको गुरुके मुखसे पाकर भी भली-भाँति समझता नहीं है, वह पुनरावृत्ति (बारंबार आवागमन) को प्राप्त होता है और जो इसे तत्त्वतः [illegible] लेता है, वह जरा-मृत्युसे रहित परब्रह्म परमात्माको प्राप्त होता है ॥ ४३ ॥

एतन्निःश्रेयसकरं ज्ञानं ते परमं मया।
कथितं तत्त्वतस्तात श्रुत्वा देवर्षितो नृप ॥ ४४ ॥

तात! नरेश्वर! यह परम कल्याणकारी उत्तम ज्ञान मैंने देवर्षि नारदजीके मुँहसे सुना था। जिसे यथार्थरूपसे तुम्हें भी बताया है ॥ ४४ ॥

हिरण्यगर्भादृषिणा वसिष्ठे[illegible] महात्मना।
वसिष्ठादृषिशार्दूलान्नारदोऽवाप्तवानिदम् ॥ ४५ ॥
नारदाद् विदितं मह्यमेतद् ब्रह्म सनातनम्।
मा शुचः कौरवेन्द्र त्वं श्रुत्वैतत् परमं पदम् ॥ ४६ ॥

ब्रह्माजीसे महात्मा वसिष्ठ मुनिने यह ज्ञान प्राप्त किया [illegible]। मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठसे [illegible] नारदजीको उपलब्ध हुआ और नारदजीसे मुझे [illegible] सनातन [illegible] उपदेश प्राप्त हुआ है। कौरवनरेश! यह ज्ञान परमपद है। इसे सुनकर अब तुम शोकका त्याग कर दो ॥ ४५-४६ ॥

येन क्षराक्षरे वित्ते भयं तस्य न विद्यते।
विद्यते तु भयं तस्य यो नैतद् वेत्ति पार्थिव ॥ ४७ ॥

पृथ्वीनाथ! जिसने क्षर और अक्षरके तत्त्वको जान लिया है, उसमें किसी प्रकारका भी भय नहीं होता। जो इसे नहीं जानता, उसीमें भय रहता है ॥ ४७ ॥

अविज्ञानाच्च मूढात्मा पुनः पुनरुपाद्रवत्।
प्रेत्य जातिसहस्राणि मरणान्तान्युपाश्नुते ॥ ४८ ॥

मूर्ख मनुष्य इस तत्त्वको न जाननेके कारण बारंबार संसारमें [illegible] है और हजारों योनियोंमें जन्म-मरणके कष्टका अनुभव करता है ॥ ४८ ॥

देवलोकं तथा तिर्यङ्मानुष्यमपि चाश्नुते।
यदि शुध्यति कालेन तस्मादज्ञानसागरात् ॥ ४९ ॥
(उत्तीर्णोऽस्मादगाधात् स परमाप्नोति शोभनम्।)

वह देव, मनुष्य और पशु-पक्षी आदिकी योनिमें भटकता रहता है। यदि कभी समयके अनुसार शुद्ध हो गया तो [illegible] अगाध अज्ञानसमुद्रसे पार होकर परम कल्याणका भागी होता है ॥ ४९ ॥

अज्ञानसागरो घोरो ह्यव्यक्तोऽगाध उच्यते।
अहन्यहनि मज्जन्ति यत्र भूतानि भारत ॥ ५० ॥

भरतनन्दन! अज्ञानरूपी समुद्र अव्यक्त, अगाध और भयंकर बताया जाता है। इसमें असंख्य प्राणी प्रतिदिन गोते खाते रहते हैं ॥ ५० ॥

यस्मादगाधादव्यक्तादुत्तीर्णस्त्वं सनातनात्।
तस्मात् त्वं विरजाश्चैव वितमस्कश्च पार्थिव ॥ ५१ ॥

राजन्! तुम मेरा उपदेश पाकर इस अव्यक्त, अगाध एवं प्रवाहरूपमें सदा रहनेवाले भवसागरसे पार हो गये हो, इसलिये अब तुम रजोगुण और तमोगुणसे भी रहित हो गये हो ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि वसिष्ठकरालजनकसंवादसमाप्तौ अष्टाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें वसिष्ठ-करालजनक-संवादकी समाप्तिविषयक तीन सौ आठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३०८ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक [illegible] ½ श्लोक मिलाकर कुल ५१½ श्लोक हैं)

नवाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

जनकवंशी वसुमान्को [illegible] मुनिका धर्मविषयक उपदेश

भीष्म उवाच

मृगयां विचरन् कश्चिद् विजने [illegible]।
वने ददर्श विप्रेन्द्रमृषिं वंशधरं भृगोः ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! एक समयकी बात है, जनकवंशका कोई राजकुमार शिकार खेलनेके लिये एक निर्जन वनमें घूम रहा था। उसने वनमें बैठे हुए एक मुनिको देखा; जो ब्राह्मणोंमें श्रेष्ठ एवं महर्षि भृगुके वंशधर थे ॥ १ ॥

उपासीनमुपासीनः [illegible] शिरसा मुनिम्।
पश्चादनुमतस्तेन पप्रच्छ वसुमानिदम् ॥ २ ॥

पास ही बैठे हुए मुनिको [illegible] झुकाकर प्रणाम करके वह राजकुमार उनके समीपमें ही बैठ गया। [illegible] नाम वसुमान् था। उसने महर्षिकी आज्ञा लेकर उनसे [illegible] पूछा— ॥ २ ॥

भगवन् किमिदं श्रेयः प्रेत्य चापीह वा भवेत्।
पुरुषस्याध्रुवे देहे कामस्य वशवर्तिनः ॥ ३ ॥

'भगवन्! [illegible] क्षणभङ्गुर शरीरमें कामके अधीन होकर रहनेवाले पुरुषका इस लोक और परलोकमें किस उपायसे [illegible] है?' ॥ ३ ॥

सत्कृत्य परिपृष्टः सन् सुमहात्मा महातपाः।
निजगाद ततस्तस्मै श्रेयस्करमिदं वचः ॥ ४ ॥

सत्कारपूर्वक प्रश्न करनेपर [illegible] महातपस्वी महात्मा मुनिने राजकुमार वसुमान्से यह कल्याणकारी वचन कहा ॥

ऋषिरुवाच

मनसोऽप्रतिकूलानि प्रेत्य चेह [illegible] वाञ्छसि।
भूतानां प्रतिकूलेभ्यो निवर्तस्व यतेन्द्रियः ॥ ५ ॥

ऋषि बोले—राजकुमार! यदि तुम इस लोक और परलोकमें अपने मनके अनुकूल वस्तुएँ पाना चाहते हो तो अपनी इन्द्रियोंको संयममें रखकर समस्त प्राणियोंके प्रतिकूल आचरणोंसे दूर हट जाओ ॥ ५ ॥

धर्मः सतां हितः पुंसां धर्मश्चैवाश्रयः सताम्।
धर्माल्लोकास्त्रयस्तात प्रवृत्ताः सचराचराः ॥ ६ ॥

धर्म ही सत्पुरुषोंका कल्याण करनेवाला और धर्म ही उनका आश्रय है। तात! चराचर प्राणियोंसहित तीनों लोक धर्मसे ही उत्पन्न हुए हैं ॥ ६ ॥

स्वादुकामुक कामानां वैतृष्ण्यं किं न गच्छसि।
मधु पश्यसि दुर्बुद्धे प्रपातं नानुपश्यसि ॥ ७ ॥

भोगोंका [illegible] लेनेकी इच्छा रखनेवाले दुर्बुद्धि मानव! तुम्हारी कामपिपासा शान्त क्यों नहीं होती? अभी तुम्हें वृक्षकी ऊँची डालीमें [illegible] हुआ केवल मधु ही दिखायी

देता है। वहाँसे गिरनेपर प्राणान्त हो सकता है, इसकी ओर तुम्हारी दृष्टि नहीं है (अर्थात् अभी तुम भोगोंकी मिठास-पर ही लुभाये हुए हो। उससे होनेवाले पतनकी ओर तुम्हारा ध्यान नहीं जा रहा है) ॥ ७ ॥

यथा ज्ञाने परिचयः कर्तव्यस्तत्फलार्थिना।
तथा धर्मे परिचयः कर्तव्यस्तत्फलार्थिना ॥ ८ ॥

जैसे ज्ञानका फल चाहनेवालेके लिये ज्ञानसे परिचित होना आवश्यक है, उसी प्रकार धर्मका फल चाहनेवाले मनुष्यको भी धर्मका परिचय प्राप्त करना चाहिये ॥ ८ ॥

असता धर्मकामेन विशुद्धं कर्म दुष्करम्।
सता तु धर्मकामेन सुकरं कर्म दुष्करम् ॥ ९ ॥

दुष्ट पुरुष यदि धर्मकी इच्छा करे तो भी उसके द्वारा विशुद्ध कर्मका सम्पादन होना कठिन है और साधु पुरुष यदि धर्मके अनुष्ठानकी इच्छा करे तो उसके लिये कठिन-से-कठिन कर्म भी करना सहज है ॥ ९ ॥

वने ग्राम्यसुखाचारो यथा ग्राम्यस्तथैव [illegible]।
ग्रामे वनसुखाचारो यथा वनचरस्तथा ॥ १० ॥

वनमें रहकर भी जो ग्रामीण सुखोंका उपभोग करनेमें लगा है, उसको ग्रामीण ही समझना चाहिये तथा गाँवोंमें रहकर भी जो वनवासी मुनियोंके-से बर्तावमें ही सुख मानता है, उसकी गिनती वनवासियोंमें ही करनी चाहिये ॥ १० ॥

मनोवाक्कायिके धर्मे कुरु श्रद्धां समाहितः।
निवृत्तौ वा प्रवृत्तौ वा सम्प्रधार्य गुणागुणान् ॥ ११ ॥

पहले निवृत्ति और प्रवृत्ति-मार्गमें जो गुण-अवगुण हैं, उनका तुम अच्छी तरह निश्चय कर लो; फिर एकाग्रचित्त हो मन, वाणी और शरीरद्वारा होनेवाले धर्ममें श्रद्धा करो (अर्थात् श्रद्धापूर्वक धर्मके पालनमें लग जाओ) ॥ ११ ॥

नित्यं च बहु दातव्यं साधुभ्यश्चानसूयता।
प्रार्थितं व्रतशौचाभ्यां सत्कृतं देशकालयोः ॥ १२ ॥

प्रतिदिन [illegible] और शौचाचारका पालन करते हुए उत्तम देश और कालमें साधु पुरुषोंको प्रार्थना और सत्कार-पूर्वक अधिक-से-अधिक दान करना चाहिये और उनमें दोषदृष्टि नहीं रखनी चाहिये ॥ १२ ॥

शुभेन विधिना लब्धमर्हाय प्रतिपादयेत्।
क्रोधमुत्सृज्य दद्याच्च नानुतप्येन्न कीर्तयेत् ॥ १३ ॥

शुभकर्मोंद्वारा प्राप्त हुआ धन सत्पात्रको अर्पण करना चाहिये। क्रोधको त्यागकर दान देना चाहिये और देनेके बाद न तो उसके लिये पश्चात्ताप करना चाहिये और न उसे दूसरोंको बताना ही चाहिये ॥ १३ ॥

अनृशंसः शुचिर्दान्तः सत्यवागार्जवे स्थितः।
योनिकर्मविशुद्धश्च पात्रं स्याद् वेदविद् द्विजः ॥ १४ ॥

दयालु, पवित्र, जितेन्द्रिय, सत्यवादी, सरलतापूर्ण बर्ताव करनेवाला तथा योनिसे अर्थात् जन्मसे और कर्मसे शुद्ध वेदवेत्ता ब्राह्मण ही दान पानेका उत्तम पात्र है ॥ १४ ॥

सत्कृता चैकपत्नी च जात्या योनिरिहेष्यते।
ऋग्यजुःसामगो विद्वान् षट्कर्मा पात्रमुच्यते ॥ १५ ॥

अपनी ही जातिके उत्तम कुलमें उत्पन्न हुई तथा पतिद्वारा सम्मानित पतिव्रता स्त्री यहाँ उत्तम योनि मानी गयी है। अतः जिसका ऐसी मातासे जन्म हुआ, हो वह जन्मसे शुद्ध है। ऋक्, यजुष् और सामवेदका विद्वान् होकर सदा (यजन-याजन, अध्ययन-अध्यापन, दान और प्रतिग्रह इन) छः कर्मोंका अनुष्ठान करनेवाला ब्राह्मण कर्मसे शुद्ध एवं उत्तम पात्र बताया गया है ॥ १५ ॥

स एव धर्मः सोऽधर्मस्तं तं प्रति नरं भवेत्।
पात्रकर्मविशेषेण देशकालावपेक्ष्य च ॥ १६ ॥

देश, काल, पात्र और कर्मविशेषपर विचार करनेसे एक ही कर्म भिन्न-भिन्न मनुष्यके लिये धर्म और अधर्मरूप हो जाता है ॥ १६ ॥

लीलयाल्पं यथा गात्रात् प्रमृज्यात् तु [illegible] पुमान्।
बहुयत्नेन च महत् पापनिर्हरणं तथा ॥ १७ ॥

जैसे शरीरमें थोड़ी-सी धूल लगी हुई हो तो मनुष्य उसे [illegible] ही झाड़-पोंछकर दूर कर देता है; परंतु बहुत अधिक मैल बैठ जाय तो उसे बड़े प्रयत्नसे दूर [illegible] सकता है, उसी [illegible] थोड़ा पाप थोड़े से प्रयत्नसे और महान् [illegible] महान् प्रायश्चित्त करनेसे दूर होता है ॥ १७ ॥

विरिक्तस्य [illegible] सम्यग् घृतं भवति भेषजम्।
[illegible] निर्हृतदोषस्य प्रेत्य धर्मः सुखावहः ॥ १८ ॥

जैसे जिसने विरेचनके द्वारा अपने पेटको अच्छी तरह [illegible] कर लिया हो, वह मनुष्य यदि घी खाय तो वह उसके लिये दवाके [illegible] लाभदायक होता है। उसी तरह जिसके सारे पाप-दोष दूर हो गये हैं, उसीके लिये धर्म परलोकमें सुख देनेवाला होता है ॥ १८ ॥

मानसं सर्वभूतेषु वर्तते वै शुभाशुभम्।
अशुभेभ्यः सदाऽऽक्षिप्य शुभेष्वेवावतारयेत् ॥ १९ ॥

सभी प्राणियोंके मनमें शुभ और अशुभ विचार उठते रहते हैं। मनुष्यको चाहिये कि वह चित्तको सदा अशुभ विचारोंकी ओरसे हटाकर शुभ विचारोंमें ही लगाये ॥ १९ ॥

सर्वं सर्वेण सर्वत्र क्रियमाणं च पूजय।
स्वधर्मे यत्र रागस्ते कामं धर्मो विधीयताम् ॥ २० ॥

अपने वर्ण और आश्रमके अनुसार सबके द्वारा सब जगह किये जानेवाले सब प्रकारके कर्मोंका आदर करो। तुम भी अपने धर्मके अनुसार जिस कर्ममें तुम्हारा अनुराग हो, उस [illegible] इच्छानुसार पालन करते रहो ॥ २० ॥

अधृतात्मन् धृतौ तिष्ठ दुर्बुद्धे बुद्धिमान् भव।
अप्रशान्तः प्रशाम्य त्वमप्राज्ञः प्राज्ञवच्चर ॥ २१ ॥

अधीरचित्त नरेश! धीरताका आश्रय लो। दुर्बुद्धे!

बुद्धिमान् बनो। तुम सदा अशान्त रहते हो। अबसे शान्त हो जाओ और अबतक मूर्खोंके-से बर्ताव करते रहे, अब विद्वानोंके समान आचरण करो ॥ २१ ॥

तेजसा शक्यते प्राप्तुमुपायः सहचारिणा।
इह च प्रेत्य च श्रेयस्तस्य मूलं धृतिः परा ॥ २२ ॥

जो सत्पुरुषोंका सङ्ग करता है, उसे उन्हींके तेज या प्रतापसे कोई ऐसा उपाय [illegible] हो सकता है, जो इस लोक और परलोकमें भी कल्याण करनेवाला हो। उत्तम धृति (मनकी स्थिरता) ही कल्याणका मूल है ॥ २२ ॥

राजर्षिरधृतिः स्वर्गात् पतितो [illegible] महाभिषः।
ययातिः क्षीणपुण्योऽपि धृत्या लोकानवाप्तवान् ॥ २३ ॥

राजर्षि महाभिष धृतिमान् न होनेके कारण [illegible] स्वर्गसे नीचे गिरे और राजा ययाति अपना पुण्यक्षीण हो जानेके [illegible] भी धृतिके ही बलसे उत्तम लोकोंको प्राप्त हुए ॥ २३ ॥

तपस्विनां धर्मवतां विदुषां चोपसेवनात्।
प्राप्स्यसे विपुलां बुद्धिं तथा श्रेयोऽभिपत्स्यसे ॥ २४ ॥

राजन्! तपस्वी, धर्मात्मा एवं विद्वानोंकी सेवा करनेसे तुम्हें विशाल बुद्धि [illegible] होगी, जिससे तुम कल्याणके भागी हो सकोगे ॥ २४ ॥

भीष्म उवाच

[illegible] स्वभावसम्पन्नस्तच्छ्रुत्वा मुनिभाषितम्।
विनिवर्त्य [illegible] कामाद् धर्मे बुद्धिं चकार ह ॥ २५ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! राजकुमार वसुमान् अच्छे स्वभावसे सम्पन्न था। उसने मुनिके [illegible] उपदेशको सुनकर अपने मनको कामनाओंसे हटा लिया और बुद्धिको धर्ममें ही लगा दिया ॥ २५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि जनकानुशासने नवाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३०९ ॥

[illegible] [illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें जनकवंशी वसुमानको उपदेशविषयक तीन सौ नवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ ३०९ ॥

दशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

याज्ञवल्क्यका राजा जनकको उपदेश—सांख्यमतके अनुसार चौबीस तत्त्वों और नौ प्रकारके सर्गोंका निरूपण

युधिष्ठिर उवाच

धर्माधर्मविमुक्तं यद् विमुक्तं सर्वसंशयात्।
जन्ममृत्युविमुक्तं [illegible] विमुक्तं पुण्यपापयोः ॥ १ ॥
यच्छिवं नित्यमभयं नित्यमक्षरमव्ययम्।
शुचि नित्यमनायासं तद् भवान् वक्तुमर्हति ॥ २ ॥

युधिष्ठिरने कहा—पितामह! जो धर्म और अधर्मके बन्धनसे मुक्त, सम्पूर्ण संशयोंसे रहित, जन्म और मृत्युसे रहित, पुण्य और पापसे मुक्त, नित्य, निर्भय, कल्याणमय, अक्षर, अव्यय (अविकारी), पवित्र एवं क्लेशरहित तत्त्व है, उसका आप हमें उपदेश कीजिये ॥ १-२ ॥

भीष्म उवाच

[illegible] ते वर्तयिष्यामि इतिहासं पुरातनम्।
[illegible] संवादं [illegible] च भारत ॥ ३ [illegible]

भीष्मजी बोले—भरतनन्दन! इस विषयमें [illegible] तुम्हें जनक और याज्ञवल्क्यका संवादरूप एक प्राचीन इतिहास सुनाऊँगा ॥ [illegible] ॥

याज्ञवल्क्यमृषिश्रेष्ठं दैवरातिर्महायशाः।
पप्रच्छ जनको [illegible] प्रश्नं प्रश्नविदां वरम् ॥ [illegible] ॥

एक बार देवरातके महायशस्वी पुत्र राजा जनकने [illegible] [illegible] समझनेवालोंमें श्रेष्ठ मुनिवर याज्ञवल्क्यजीसे पूछा ॥ ४ ॥

जनक उवाच

कतीन्द्रियाणि विप्रर्षे कति प्रकृतयः स्मृताः।
किमव्यक्तं परं ब्रह्म तस्माच्च परतस्तु किम् ॥ ५ ॥
प्रभवं चाप्ययं चैव कालसंख्यां तथैव [illegible]।
वक्तुमर्हसि विप्रेन्द्र त्वदनुग्रहकाङ्क्षिणः ॥ ६ [illegible]

[illegible] बोले—ब्रह्मर्षे! इन्द्रियाँ कितनी हैं? प्रकृतिके कितने भेद माने गये हैं? अव्यक्त क्या है? और उससे परे परब्रह्म परमात्माका क्या स्वरूप है? सृष्टि और प्रलय क्या है? और कालकी गणना कैसे की जाती है? विप्रेन्द्र! ये [illegible] बतानेकी कृपा करें; क्योंकि हमलोग आपकी कृपाके अभिलाषी हैं ॥

अज्ञानात् परिपृच्छामि त्वं हि ज्ञानमयो निधिः।
तदहं श्रोतुमिच्छामि सर्वमेतदसंशयम् ॥ [illegible] ॥

मैं इन बातोंको नहीं [illegible] इसलिये पूछ [illegible] हूँ। आप ज्ञानके भण्डार हैं, इसलिये आपहीसे इन [illegible] विषयोंको सुननेकी इच्छा हो रही है; जिससे सारा संदेह दूर हो जाय ॥

याज्ञवल्क्य उवाच

श्रूयतामवनीपाल यदेतदनुपृच्छसि।
योगानां [illegible] ज्ञानं सांख्यानां [illegible] विशेषतः ॥ ८ ॥

याज्ञवल्क्यजीने कहा—भूपाल! सुनो, तुम जो कुछ पूछते हो, वह योग और विशेषतः सांख्यका परम रहस्यमय ज्ञान तुम्हें [illegible] हूँ ॥ ८ ॥

न तवाविदितं किंचिन्मां [illegible] जिज्ञासते भवान्।
पृष्टेन चापि वक्तव्यमेष धर्मः सनातनः ॥ ९ ॥

यद्यपि तुमसे कोई भी विषय अज्ञात नहीं है, फिर भी मुझसे पूछते हो तो कहना ही पड़ता है; क्योंकि किसीके पूछनेपर जानकार मनुष्यको उसके प्रश्नका उत्तर देना ही चाहिये। यही सनातन धर्म है ॥ ९ ॥

अष्टौ प्रकृतयः प्रोक्ता विकाराश्चापि षोडश।
तत्र [illegible] प्रकृतीरष्टौ प्राहुरध्यात्मचिन्तकाः ॥ १० ॥
अव्यक्तं च महान्तं च तथाहङ्कार एव च।
पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥ ११ ॥

प्रकृतियाँ आठ बतायी गयी हैं और उनके विकार सोलह। अध्यात्मशास्त्रका चिन्तन करनेवाले विद्वान् आठ प्रकृतियोंके नाम इस प्रकार बतलाते हैं—अव्यक्त (मूल प्रकृति), महत्तत्त्व, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी ॥ १०-११ ॥

एताः प्रकृतयस्त्वष्टौ विकारानपि मे शृणु।
श्रोत्रं त्वक्चैव चक्षुश्च जिह्वा घ्राणं च पञ्चमम् ॥ १२ ॥
शब्दः स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धस्तथैव च।
वाक्च हस्तौ च पादौ च पायुर्मेढ्रं तथैव च॥ १३ ॥

ये आठ प्रकृतियाँ कही गयीं। अब मुझसे विकारोंका भी वर्णन सुनो—श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, जिह्वा, पाँचवीं नासिका, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, वाणी, हाथ, पैर, लिङ्ग और गुदा ॥ १२-१३ ॥

एते विशेषा राजेन्द्र महाभूतेषु पञ्चसु।
बुद्धीन्द्रियाण्यथैतानि सविशेषाणि मैथिल ॥ १४ ॥

राजेन्द्र ! उनमें पाँच कर्मेन्द्रियाँ और शब्द आदि पाँच विषयोंकी 'विशेष' संज्ञा है और ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ 'सविशेष' कहलाती हैं। मिथिलानरेश ! ये 'विशेष' और 'सविशेष' तत्त्व पञ्चमहाभूतोंमें ही स्थित हैं ॥ १४ ॥

मनः षोडशकं प्राहुरध्यात्मगतिचिन्तकाः।
त्वं चैवान्ये च विद्वांसस्तत्त्वबुद्धिविशारदाः ॥ १५ ॥

(ये [illegible] मिलकर पंद्रह हैं) इनके साथ सोलहवाँ मन है। अध्यात्मगतिका चिन्तन करनेवाले तत्त्वज्ञान-विशारद तुम और दूसरे विद्वान् भी इन्हींको सोलह विकार कहते हैं ॥

अव्यक्ताच्च महानात्मा समुत्पद्यति पार्थिव।
प्रथमं सर्गमित्येतदाहुः प्राधानिकं बुधाः ॥ १६ ॥

पृथ्वीनाथ ! अव्यक्त प्रकृतिसे महत्तत्त्व (समष्टि बुद्धि) की उत्पत्ति होती है। इसे विद्वान् पुरुष प्रथम एवं प्राकृत सृष्टि कहते [illegible] ॥ १६ ॥

महतश्चाप्यहङ्कार उत्पन्नो हि नराधिप।
द्वितीयं सर्गमित्याहुरेतद् बुद्ध्यात्मकं स्मृतम् ॥१७॥

नरेश्वर ! महत्तत्त्वसे अहंकार प्रकट होता है, जो दूसरा सर्ग बताया जाता है। इसे बुध्यात्मक-सृष्टि माना गया [illegible] ॥

अहङ्काराच्च सम्भूतं मनो भूतगुणात्मकम्।
तृतीयः सर्ग इत्येष आहङ्कारिक उच्यते ॥ १८ ॥

अहंकारसे मन उत्पन्न हुआ है, जो पञ्चभूत और शब्दादि गुणस्वरूप है। इसे तीसरा और आहंकारिक सर्ग कहा जाता है ॥ १८ ॥

मनसस्तु समुद्भूता महाभूता नराधिप।
चतुर्थं सर्गमित्येतन्मानसं विद्धि मे मतम् ॥ १९ ॥

राजन् ! मनसे पाँच सूक्ष्म महाभूत उत्पन्न हुए हैं। यह चौथा सर्ग है। मेरे मतके अनुसार इसे मानसी सृष्टि समझो ॥

शब्दः स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धस्तथैव च।
पञ्चमं सर्गमित्याहुर्भौतिकं भूतचिन्तकाः ॥ २० ॥

शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये पाँच विषय पञ्चमहाभूतोंसे उत्पन्न हुए हैं। यह पाँचवीं सृष्टि है। भूत चिन्तक विद्वान् इसे भौतिक सर्ग कहते हैं ॥ २० ॥

श्रोत्रं त्वक् चैव चक्षुश्च जिह्वा घ्राणं च पञ्चमम्।
सर्गं [illegible] षष्ठमित्याहुर्बहुचिन्तात्मकं स्मृतम् ॥ २१ ॥

श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, जिह्वा और पाँचवीं नासिका—इसे छठा सर्ग बताया गया है। यह बहुचिन्तात्मक सर्ग माना गया है ॥ २१ ॥

[illegible] श्रोत्रेन्द्रियग्राम उत्पद्यति नराधिप।
सप्तमं सर्गमित्याहुरेतदैन्द्रियकं स्मृतम् ॥ २२ ॥

नरेन्द्र ! श्रोत्र आदि इन्द्रियोंके बाद कर्मेन्द्रियोंकी उत्पत्ति होती है। इसे सातवाँ सर्ग कहते हैं। इसीको ऐन्द्रियक सृष्टि भी कहा जाता है ॥ २२ ॥

ऊर्ध्वं स्रोतस्तथा तिर्यगुत्पद्यति नराधिप।
अष्टमं सर्गमित्याहुरेतदार्जवकं स्मृतम् ॥ २३ ॥

तदनन्तर जिसका प्रवाह ऊपरकी ओर है, वह प्राण एवं तिरछा चलनेवाले समान, व्यान और उदान—ये सब प्रकट हुए। यह आठवाँ सर्ग है। इसीको आर्जवक सर्ग कहा गया है ॥ २३ ॥

तिर्यक्स्रोतस्त्वधःस्रोत उत्पद्यति नराधिप।
नवमं सर्गमित्याहुरेतदार्जवकं बुधाः ॥ २४ ॥

राजन् ! तत्पश्चात् जिसका प्रवाह तिरछा चलता है, वे व्यान और उदान अपान वायुके साथ निम्नभागमें प्रकट हुए। इसे नवम सर्ग कहते हैं। इसे भी विद्वान् पुरुष आर्ज- [illegible] सृष्टिके नामसे ही पुकारते हैं ॥ २४ ॥

एतानि नव सर्गाणि तत्त्वानि च नराधिप।
चतुर्विंशतिरुक्तानि यथाश्रुतिनिदर्शनात् ॥ २५ ॥

नरेश्वर ! ये नौ सर्ग और चौबीस तत्त्व श्रुतिके निर्देशके अनुसार यहाँ बताये गये हैं ॥ २५ ॥

[illegible] ऊर्ध्वं महाराज गुणस्यैतस्य [illegible]।

महात्मभिरनुप्रोक्तां कालसंख्यां निबोध मे ॥ २६ ॥

महाराज ! अब इसके बाद महात्मा पुरुषोंद्वारा बतायी गयी इस गुणमयी सृष्टिकी कालसंख्या भी मुझसे यथावत्‌रूप- [illegible] सुनो ॥ २६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे दशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३१० ॥

इस [illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य-जनक-संवादविषयक तीन सौ दसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३१० ॥

एकादशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

अव्यक्त, महत्तत्त्व, अहंकार, मन और विषयोंकी कालसंख्याका एवं सृष्टिका वर्णन तथा इन्द्रियोंमें मनकी प्रधानताका प्रतिपादन

याज्ञवल्क्य उवाच

[illegible] नरश्रेष्ठ कालसंख्यां निबोध मे ।
पञ्चकल्पसहस्राणि द्विगुणान्यहरुच्यते ॥ १ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—नरश्रेष्ठ ! अब [illegible] मुझसे अव्यक्तकी काल-संख्या सुनो । दस हजार कल्पोंका (महा-युगोंका) इस अव्यक्तका एक दिन बताया जाता है ॥ १ ॥

रात्रिरेतावती चास्य प्रतिबुद्धो नराधिप ।
सृजत्योषधिमेवाग्रे जीवनं सर्वदेहिनाम् ॥ २ ॥

नरेश्वर ! उसकी रात्रि भी उतनी ही बड़ी होती है । ज्ञानस्वरूप परब्रह्म परमात्मा पहले समस्त प्राणियोंके जीवन-निर्वाहके लिये ओषधि (नाना प्रकारके अन्न) की सृष्टि करते [illegible] ॥ २ ॥

ततो ब्रह्माणमसृजद्धिरण्याण्डसमुद्भवम् ।
सा मूर्तिः सर्वभूतानामित्येवमनुशुश्रुम ॥ ३ ॥

हमने सुना है कि परमात्माने ओषधियोंकी सृष्टिके बाद ब्रह्माजीकी सृष्टि की थी, जो सुवर्णमय अण्डके भीतरसे प्रकट [illegible] थे । वे ही सम्पूर्ण भूतोंके उद्गमस्थान हैं ॥ ३ ॥

संवत्सरमुषित्वाण्डे निष्क्रम्य च महामुनिः ।
संदधे [illegible] महीं कृत्स्नां दिवमूर्ध्वं प्रजापतिः ॥ ४ ॥

वे महामुनि प्रजापति ब्रह्मा [illegible] सुवर्णमय अण्डके भीतर एक वर्षतक निवास करके उससे बाहर निकल आये । फिर उन्होंने सम्पूर्ण पृथ्वी, आकाश और ऊर्ध्वलोक (स्वर्ग) की सृष्टिके लिये विचार आरम्भ किया ॥ ४ ॥

द्यावापृथिव्योरित्ये[illegible] राजन् वेदेषु पठ्यते ।
तयोः शकलयोर्मध्यमाकाशमकरोत् प्रभुः ॥ ५ ॥

राजन् ! शक्तिशाली ब्रह्माजीने [illegible] अण्डके दोनों टुकड़ोंके एवं स्वर्ग तथा भूतलके मध्यभागमें आकाशकी सृष्टि की । यह बात वेदोंमें कही गयी है ॥ ५ ॥

एतस्यापि च संख्यानं वेदवेदाङ्गपारगैः ।
दशकल्पसहस्राणि पादोनान्यहरुच्यते ॥ ६ ॥

वेदों और वेदाङ्गोंके पारङ्गत विद्वान् ब्रह्माजीकी भी कालसंख्याका विचार करते हुए कहते हैं कि दस हजार कल्पोंमेंसे एक चौथाई कम कर देनेपर जितना शेष रहता है, उतना ही ब्रह्माजीके एक दिनका मान है अर्थात् साढ़े सात हजार कल्पोंका उनका एक दिन होता है ॥ [illegible] ॥

रात्रिमेतावतीं चास्य प्राहुरध्यात्मचिन्तकाः ।
सृजत्यहङ्कारमृषिर्भूतं दिव्यात्मकं तथा ॥ ७ ॥

अध्यात्मतत्त्वोंका चिन्तन करनेवाले विद्वानोंका कथन है कि ब्रह्माजीकी रात्रि भी इतनी ही बड़ी है । महान् ऋषि ब्रह्मा अहंकार नामक दिव्य भूतकी सृष्टि करते [illegible] ॥ ७ ॥

चतुरश्चापरान् पुत्रान् देहात् पूर्वं महानृषिः ।
ते वै पितृणां पितरः श्रूयन्ते राजसत्तम ॥ ८ ॥

नृपश्रेष्ठ ! महान् ऋषि ब्रह्माने पूर्वकालमें भौतिक देहकी उत्पत्तिसे पहले चार अन्य पुत्रोंको उत्पन्न किया (जिनके [illegible] ये हैं—बुद्धि, अहंकार, मन और चित्त) । वे चारों पुत्र 'पितरोंके भी पितर' अर्थात् पञ्चमहाभूतोंके भी जनक सुने जाते हैं ॥ ८ ॥

देवाः पितृणां च सुता देवैर्लोकाः समावृताः ।
चराचरा नरश्रेष्ठ इत्येवमनुशुश्रुम ॥ ९ ॥

नरश्रेष्ठ ! देवता (श्रोत्र आदि इन्द्रियाँ) पितरों (पञ्च-महाभूतों) के पुत्र हैं अर्थात् सारी इन्द्रियाँ पञ्चमहाभूतोंसे ही उत्पन्न हुई हैं और वे समस्त चराचर जगत्‌का आश्रय लेकर स्थित हैं, ऐसा हमने सुना है ॥ ९ ॥

परमेष्ठी त्वहङ्कारः सृजन् भूतानि पञ्चधा ।
पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥ १० ॥

स्रष्टाके उत्तम पदपर प्रतिष्ठित हुआ अहंकार आकाश, वायु, तेज, [illegible] और पृथ्वी—इन पाँच प्रकारके भूतोंकी सृष्टि करता है ॥ १० ॥

एतस्यापि निशामाहुस्तृतीयमिह कुर्वतः ।
पञ्चकल्पसहस्राणि तावदेवाहरुच्यते ॥ ११ ॥

इस तृतीय भौतिक सर्गकी सृष्टि करनेवाले अहंकारकी रात्रि पाँच हजार कल्पोंकी होती है । उसका दिन भी उतना ही बड़ा बताया जाता है ॥ ११ ॥

शब्दः [illegible] रूपं च रसो गन्धस्तथैव च ।
एते विशेषा राजेन्द्र महाभूतेषु पञ्चसु ॥ १२ ॥

राजेन्द्र ! आकाश आदि पाँच महाभूतोंमें क्रमशः शब्द, स्पर्श, रूप, [illegible] और गन्ध—ये विशेष गुण [illegible] ॥ १२ ॥

यैराविष्टानि भूतानि अहन्यहनि पार्थिव ।

अन्योन्यं स्पृहयन्त्येते अन्योन्यस्य हिते रताः ॥ १३ ॥
अन्योन्यमतिवर्तन्ते अन्योन्यस्पर्धिनस्तथा ।
ते वध्यमाना ह्यन्योन्यं गुणैर्हारिभिरव्ययैः ॥ १४ ॥

पृथ्वीनाथ ! प्रवाहरूपसे सदा विद्यमान रहनेवाले इन मनोहर शब्द आदि विषयोंसे आविष्ट होकर सभी प्राणी प्रतिदिन कभी एक-दूसरेको चाहते हैं, कभी पारस्परिक हित-साधनमें तत्पर रहते हैं, कभी एक-दूसरेको नीचा दिखानेकी चेष्टा करते हैं, कभी आपसमें ईर्ष्या रखते हैं और कभी परस्पर प्रहार भी कर बैठते हैं ॥ १३-१४ ॥

इहैव परिवर्तन्ते तिर्यग्योनिप्रवेशिनः ।
त्रीणि कल्पसहस्राणि एतेषामहरुच्यते ॥ १५ ॥
रात्रिरेतावती चैव मनसश्च नराधिप ।

ऐसे विषयासक्त प्राणी तिर्यग्योनियोंमें प्रवेश करके इसी संसारमें चक्कर काटते रहते हैं । इन शब्दादि विषयोंका एक दिन तीन हजार कल्पोंका बताया जाता है । नरेश्वर ! इनकी रात भी इतनी ही बड़ी है । मनके भी दिन-रातका परिमाण इतना ही है ॥ १५½ ॥

मनश्चरति राजेन्द्र चरितं सर्वमिन्द्रियैः ॥ १६ ॥
न चेन्द्रियाणि पश्यन्ति [illegible] एवानुपश्यति ।
चक्षुः पश्यति रूपाणि मनसा तु न चक्षुषा ॥ १७ ॥

राजेन्द्र ! मन इन्द्रियोंद्वारा संचालित होकर [illegible] विषयोंकी ओर जाता है । इन्द्रियाँ उन विषयोंको नहीं देखतीं, मन ही उन्हें निरन्तर देखता है । आँख मनके सहयोगसे ही [illegible] दर्शन करती है, अपनी शक्तिसे नहीं ॥ १६-१७ ॥

मनसि व्याकुले चक्षुः पश्यन्नपि न पश्यति ।
तथेन्द्रियाणि सर्वाणि पश्यन्तीत्यभिचक्षते ॥ १८ ॥

जिस समय मन व्यग्र रहता है, उस समय आँख देखती हुई भी नहीं देख पाती । लोग भ्रमवश ही ऐसा कहते हैं कि सम्पूर्ण इन्द्रियाँ विषयोंको प्रत्यक्ष करती हैं ॥ १८ ॥

न चेन्द्रियाणि पश्यन्ति [illegible] एवात्र पश्यति ।
मनस्युपरते राजन्निन्द्रियोपरमो भवेत् ॥ १९ ॥

किंतु इन्द्रियाँ कुछ नहीं देखतीं, केवल मन ही देखता है । राजन् ! मन विषयोंसे उपरत हो जाय तो इन्द्रियाँ भी विषयोंसे निवृत्त हो जाती हैं ॥ १९ ॥

न चेन्द्रियव्युपरमे मनस्युपरमो भवेत् ।
एवं मनःप्रधानानि इन्द्रियाणि प्रभावयेत् ॥ २० ॥

परंतु इन्द्रियोंके उपरत होनेपर मनमें उपरति नहीं आती। इस प्रकार, यह निश्चय करना चाहिये कि सम्पूर्ण इन्द्रियोंमें मन ही प्रधान है ॥ २० ॥

इन्द्रियाणां [illegible] सर्वेषामीश्वरं मन उच्यते ।
एतद् विशन्ति भूतानि सर्वाणीह महायशः ॥ २१ ॥

मनको सम्पूर्ण इन्द्रियोंका स्वामी कहा जाता है । महायशस्वी नरेश ! जगत्‌के [illegible] प्राणी इस मनका ही आश्रय लेते हैं ॥ २१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे एकादशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३११ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य-जनकका संवादविषयक तीन सौ ग्यारहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३११ ॥

द्वादशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

संहारक्रमका वर्णन

याज्ञवल्क्य उवाच

तत्त्वानां सर्वसंख्या च कालसंख्या तथैव च ।
[illegible] प्रोक्ताऽऽनुपूर्व्येण संहारमपि मे शृणु ॥ १ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—राजन् ! अब मेरेद्वारा क्रमशः बतायी हुई तत्त्वोंकी सम्पूर्ण संख्या, कालसंख्या तथा तत्त्वोंके संहारकी वार्ता सुनो ॥ [illegible] ॥

यथा संहरते जन्तून् ससर्ज च पुनः पुनः ।
अनादिनिधनो [illegible] नित्यश्चाक्षर [illegible] च ॥ २ ॥

आदि और अन्तसे रहित नित्य अक्षरस्वरूप ब्रह्माजी किस प्रकार बारंबार प्राणियोंकी सृष्टि और संहार करते हैं—[illegible] बता रहा हूँ, ध्यान देकर सुनो ॥ २ ॥

अहःक्षयमथो बुद्ध्वा निशि स्वप्नमनास्तथा ।
चोदयामास भगवानव्यक्तोऽहंकृतं नरम् ॥ ३ ॥

भगवान् ब्रह्माजी [illegible] देखते हैं कि मेरे दिनका [illegible] हो गया, तब उनके मनमें रातको शयन करनेकी इच्छा होती है, इसलिये वे अहंकारके अभिमानी देवता रुद्रको संहारके लिये प्रेरित करते हैं ॥ ३ ॥

ततः शतसहस्रांशुरव्यक्तेनाभिचोदितः ।
कृत्वा द्वादशधाऽऽत्मानमादित्यो ज्वलदग्निवत् ॥ [illegible] ॥

उस समय वे रुद्रदेव ब्रह्माजीसे प्रेरित होकर प्रचण्ड सूर्यका रूप धारण करते हैं और अपनेको बारह रूपोंमें अभिव्यक्त करके अग्निके समान प्रज्वलित हो उठते हैं ॥४॥

चतुर्विधं महीपाल निर्दहत्याशु तेजसा ।
जरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जं च नराधिप ॥ ५ ॥

भूपाल ! नरेश्वर ! फिर वे अपने तेजसे जरायुज, अण्डज, स्वेदज और उद्भिज्ज—इन चार प्रकारके प्राणियोंसे भरे हुए सम्पूर्ण जगत्‌को शीघ्र ही भस्म कर डालते हैं ॥ ५ ॥

एतदुन्मेषमात्रेण विनष्टं स्थाणु जङ्गमम् ।
कूर्मपृष्ठसमा भूमिर्भवत्यथ समन्ततः ॥ ६ ॥

पलक मारते-मारते इस समस्त चराचर जगत्‌का नाश

हो जाता है और यह भूमि [illegible] ओरसे कछुएकी पीठकी [illegible] प्रतीत होने लगती है ॥ ६ ॥

जगद् दग्ध्वामितबलः केवलां जगतीं ततः ।
अम्भसा बलिना क्षिप्रमापूरयति सर्वशः ॥ ७ ॥

जगत्‌को दग्ध करनेके बाद अमित बलवान् रुद्र इस अकेली बची हुई समूची पृथ्वीको शीघ्र ही जलके महान् प्रवाहमें डुबो देते हैं ॥ ७ ॥

[illegible] कालाग्निमासाद्य तदम्भो याति संक्षयम् ।
विनष्टेऽम्भसि राजेन्द्र जाज्वलत्यनलो महान् ॥ ८ ॥

तदनन्तर कालाग्निकी लपटमें पड़कर वह सारा [illegible] सूख [illegible] है। राजेन्द्र! जलके नष्ट हो जानेपर आग अत्यन्त भयानक रूप धारण करती है और सब ओर बड़े जोरसे प्रज्वलित होने लगती है ॥ ८ ॥

तमप्रमेयोऽतिबलं ज्वलमानं विभावसुम् ।
ऊष्माणं सर्वभूतानां सप्तार्चिषमथाञ्जसा ॥ ९ ॥
भक्षयामास भगवान् वायुरष्टात्मको बली ।
विचरन्नमितप्राणस्तिर्यगूर्ध्वमधस्तथा ॥ १० ॥

सम्पूर्ण भूतोंको गर्मी पहुँचानेवाली तथा अत्यन्त प्रबल वेगसे जलती हुई [illegible] सात ज्वालाओंसे युक्त आगको बलवान् वायुदेव अपने आठ रूपोंमें प्रकट होकर निगल जाते हैं और ऊपर-नीचे तथा बीचमें [illegible] ओर प्रवाहित होने लगते हैं ॥ ९-१० ॥

तमप्रतिबलं भीममाकाशं ग्रसतेऽऽत्मना ।
आकाशमप्यभिनदन्मनो ग्रसति चाधिकम् ॥ ११ ॥

तदनन्तर आकाश उस अत्यन्त प्रबल एवं भयकर वायुको स्वयं ही ग्रस लेता है। फिर गर्जन-तर्जन करनेवाले [illegible] आकाशको उससे भी अधिक शक्तिशाली मन अपना ग्रास बना लेता है ॥ ११ ॥

मनो ग्रसति भूतात्मा सोऽहंकारः प्रजापतिः ।
अहंकारं महानात्मा भूतभव्यभविष्यवित् ॥ १२ ॥

[illegible] भूतात्मा और प्रजापतिस्वरूप अहंकार मनको अपनेमें लीन कर लेता है। तत्पश्चात् भूत, भविष्य और वर्तमानका ज्ञाता बुद्धिस्वरूप महत्तत्त्व अहंकारको अपना [illegible] बना लेता है ॥ १२ ॥

तमप्यनुपमात्मानं विश्वं शम्भुः प्रजापतिः ।
अणिमा लघिमा प्राप्तिरीशानो ज्योतिरव्ययः ॥ १३ ॥
सर्वतःपाणिपादान्तः सर्वतोऽक्षिशिरोमुखः ।
सर्वतःश्रुतिमाँल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ १४ ॥
हृदयं सर्वभूतानां पर्वणाङ्गुष्ठमात्रकः ।
[illegible] ग्रसत्यनन्तो हि महात्मा विश्वमीश्वरः ॥ १५ ॥

इसके बाद, जिनके सब ओर हाथ-पैर हैं, सब ओर नेत्र, मस्तक और [illegible] हैं, [illegible] ओर [illegible] हैं तथा जो जगत्‌में सबको [illegible] करके स्थित हैं, जो सम्पूर्ण भूतोंके हृदयमें अङ्गुष्ठपर्वके बराबर आकार धारण करके विराजमान हैं, अणिमा, लघिमा और प्राप्ति आदि ऐश्वर्य जिनके अधीन हैं, जो सबके नियन्ता, ज्योतिःस्वरूप, अविनाशी, कल्याणमय, प्रजाके स्वामी, अनन्त, महान् आत्मा और सर्वेश्वर हैं, वे परब्रह्म परमात्मा उस अनुपम विश्वरूप बुद्धितत्त्वको अपनेमें लीन [illegible] लेते हैं ॥ १३—१५ ॥

[illegible] समभवत् सर्वमक्षयाव्ययमव्रणम् ।
भूतभव्यभविष्याणां स्रष्टारमनघं तथा ॥ १६ ॥

तदनन्तर [illegible] और वृद्धिसे रहित, अविनाशी और निर्विकार, सर्वस्वरूप परब्रह्म ही शेष रह जाता है। उसीने भूत, भविष्य और वर्तमानकी सृष्टि करनेवाले निष्पाप ब्रह्माकी भी सृष्टि की है ॥ १६ ॥

एषोऽप्ययस्ते राजेन्द्र यथावत् समुदाहृतः ।
अध्यात्ममधिभूतं च अधिदैवं [illegible] श्रूयताम् ॥ १७ ॥

राजेन्द्र! इस प्रकार मैंने तुम्हारे समक्ष संहारक्रमका यथावत्‌रूपसे वर्णन किया है। अब [illegible] अध्यात्म, अधिभूत और अधिदैवका वर्णन सुनो ॥ १७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे द्वादशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३१२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य और जनकका संवादविषयक तीन सौ बारहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३१२ ॥

त्रयोदशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

अध्यात्म, अधिभूत और अधिदैवतका वर्णन [illegible] सात्त्विक, राजस और तामस भावोंके लक्षण

याज्ञवल्क्य उवाच

पादावध्यात्ममित्याहुर्ब्राह्मणास्तत्त्वदर्शिनः ।
गन्तव्यमधिभूतं च विष्णुस्तत्राधिदैवतम् ॥ १ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—राजन्! [illegible]दर्शी ब्राह्मणों[illegible] कथन है कि दोनों पैर अध्यात्म हैं, गन्तव्य स्थान अधिभूत [illegible] और विष्णु अधिदैवत हैं ॥ [illegible] ॥

पायुरध्यात्ममित्याहुर्यथा तत्त्वार्थदर्शिनः ।
विसर्गमधिभूतं च मित्रस्तत्राधिदैवतम् ॥ २ ॥

तत्त्वार्थदर्शी विद्वान् गुदाको अध्यात्म कहते हैं। मलत्याग अधिभूत है और मि[illegible] अधिदैवत हैं ॥ २ ॥

उपस्थोऽध्यात्ममित्याहुर्यथा योगप्रदर्शिनः ।
अधिभूतं तथाऽऽनन्दो दैवतं च प्रजापतिः ॥ ३ ॥

योगमतका प्रदर्शन करनेवाले जैसा कहते हैं, उसके अनुसार उपस्थ अध्यात्म है, मैथुनजनित आनन्द अधिभूत है और प्रजापति अधिदैवत हैं ॥ ३ ॥

हस्तावध्यात्ममित्याहुर्यथा संख्यानदर्शिनः ।
कर्तव्यमधिभूतं तु इन्द्रस्तत्राधिदैवतम् ॥ ४ ॥

सांख्यदर्शी विद्वानोंके कथनानुसार दोनों हाथ अध्यात्म हैं, कर्तव्य अधिभूत है और इन्द्र अधिदैवत हैं ॥ ४ ॥

वागध्यात्ममिति प्राहुर्यथा श्रुतिनिदर्शिनः ।
वक्तव्यमधिभूतं तु वह्निस्तत्राधिदैवतम् ॥ ५ ॥

वेदार्थपर विचार करनेवाले विद्वान् जैसा कहते हैं, उसके अनुसार वाक् अध्यात्म है, वक्तव्य अधिभूत है और अग्नि अधिदैवत हैं ॥ ५ ॥

चक्षुरध्यात्ममित्याहुर्यथा श्रुतिनिदर्शिनः ।
रूपमत्राधिभूतं तु सूर्यश्चाप्यधिदैवतम् ॥ ६ ॥

वेददर्शी विद्वान् जैसा बताते हैं, उसके अनुसार नेत्र अध्यात्म है, रूप अधिभूत है और सूर्य अधिदैवत हैं ॥ ६ ॥

श्रोत्रमध्यात्ममित्याहुर्यथा श्रुतिनिदर्शिनः ।
शब्दस्तत्राधिभूतं तु दिशश्चात्राधिदैवतम् ॥ ७ ॥

वैदिक सिद्धान्तका ज्ञान रखनेवाले विद्वान् पुरुष कहते हैं कि श्रोत्र अध्यात्म है, शब्द अधिभूत है और दिशाएँ अधिदैवत हैं ॥ ७ ॥

जिह्वामध्यात्ममित्याहुर्यथा श्रुतिनिदर्शिनः ।
रस एवाधिभूतं तु आपस्तत्राधिदैवतम् ॥ ८ ॥

वेदके अनुसार दृष्टि रखनेवाले विद्वानोंका कथन है कि जिह्वा अध्यात्म है, रस अधिभूत है और जल अधिदैवत है ॥

घ्राणमध्यात्ममित्याहुर्यथा श्रुतिनिदर्शिनः ।
गन्ध एवाधिभूतं तु पृथिवी चाधिदैवतम् ॥ ९ ॥

वैदिक मतके अनुसार यथार्थ तत्त्वका ज्ञान रखनेवाले विद्वान् कहते हैं कि नासिका अध्यात्म है, गन्ध अधिभूत है और पृथ्वी अधिदैवत है ॥ ९ ॥

त्वगध्यात्ममिति प्राहुस्तत्त्वबुद्धिविशारदाः ।
स्पर्शमेवाधिभूतं तु पवनश्चाधिदैवतम् ॥ १० ॥

तत्त्वज्ञानमें कुशल पुरुषोंका कथन है कि त्वचा अध्यात्म है, स्पर्श अधिभूत है और वायु अधिदैवत है ॥ १० ॥

मनोऽध्यात्ममिति प्राहुर्यथा शास्त्रविशारदाः ।
मन्तव्यमधिभूतं तु चन्द्रमाश्चाधिदैवतम् ॥ ११ ॥

शास्त्रज्ञाननिपुण विद्वान् कहते हैं कि मन अध्यात्म है, मन्तव्य अधिभूत है और चन्द्रमा अधिदेवता है ॥ ११ ॥

अहंकारिकमध्यात्ममाहुस्तत्त्वनिदर्शिनः ।
अभिमानोऽधिभूतं तु रुद्रश्चात्राधिदैवतम् ॥ १२ ॥

तत्त्वदर्शी पुरुषोंका कथन है कि अहङ्कार अध्यात्म है, अभिमान अधिभूत है और रुद्र अधिदेवता हैं ॥ १२ ॥

बुद्धिरध्यात्ममित्याहुर्यथावदभिदर्शिनः ।
बोद्धव्यमधिभूतं तु क्षेत्रज्ञश्चाधिदैवतम् ॥ १३ ॥

यथार्थ ज्ञानी पुरुष कहते हैं कि बुद्धि अध्यात्म है, बोद्धव्य अधिभूत है और आत्मा अधिदेवता है ॥ १३ ॥

एषा ते व्यक्तितो राजन् विभूतिरनुदर्शिता ।
आदौ मध्ये तथान्ते च यथातत्त्वेन तत्त्ववित् ॥ १४ ॥

तत्त्वज्ञ नरेश ! यह मैंने तुम्हारे निकट आदि, मध्य और अन्तमें तत्त्वतः प्रकाशित होनेवाली जीवकी व्यक्तिगत विभूतिका वर्णन किया है ॥ १४ ॥

प्रकृतिर्गुणान् विकुरुते स्वच्छन्देनात्मकाम्यया ।
क्रीडार्थं तु महाराज शतशोऽथ सहस्रशः ॥ १५ ॥

महाराज ! प्रकृति स्वतन्त्रतापूर्वक खेल करनेके लिये अपनी ही इच्छासे सैकड़ों और हजारों गुणोंको उत्पन्न करती है ॥

यथा दीपसहस्राणि दीपान्मर्त्याः प्रकुर्वते ।
प्रकृतिस्तथा विकुरुते पुरुषस्य गुणान् बहून् ॥ १६ ॥

जैसे मनुष्य एक दीपकसे हजारों दीपक जला लेते हैं, उसी प्रकार प्रकृति पुरुषके सम्बन्धसे अनेक गुण [illegible] कर देती है ॥ १६ ॥

सत्त्वमानन्द उद्रेकः प्रीतिः प्राकाश्यमेव च ।
सुखं शुद्धित्वमारोग्यं संतोषः श्रद्दधानता ॥ १७ ॥
अकार्पण्यमसंरम्भः क्षमा धृतिरहिंसता ।
[illegible] सत्यमानृण्यं मार्दवं ह्रीरचापलम् ॥ १८ ॥
शौचमार्जवमाचारमलौल्यं हृद्यसम्भ्रमः ।
इष्टानिष्टवियोगानां कृतानामविकत्थना ॥ १९ ॥
दानेन चात्मग्रहणमस्पृहत्वं परार्थता ।
सर्वभूतदया चैव सत्त्वस्यैते गुणाः स्मृताः ॥ २० ॥

धैर्य, आनन्द, प्रीति, उत्कर्ष, प्रकाश (ज्ञानशक्ति), सुख, शुद्धि, आरोग्य, संतोष, श्रद्धा, अकार्पण्य (दीनताका अभाव), असंरम्भ (क्रोधका अभाव), क्षमा, धृति, अहिंसा, समता, सत्य, ऋणसे रहित होना, मृदुता, लज्जा, अचञ्चलता, शौच, सरलता, सदाचार, अलोलुपता, हृदयमें सम्भ्रमका न होना, [illegible] और अनिष्टके वियोगका बखान न करना, दानके द्वारा धैर्य धारण करना, किसी वस्तुकी इच्छा न करना, परोपकार और सम्पूर्ण प्राणियोंपर दया—ये सब सत्त्वसम्बन्धी गुण बताये गये हैं ॥ १७–२० ॥

रजोगुणानां संघातो रूपमैश्वर्यविग्रहौ ।
अत्यागित्वमकारुण्यं सुखदुःखोपसेवनम् ॥ २१ ॥
परापवादेषु रतिर्विवादानां च सेवनम् ।
अहंकारमसत्कारश्चिन्ता वैरोपसेवनम् ॥ २२ ॥
परितापोऽभिहरणं ह्रीनाशोऽनार्जवं तथा ।
भेदः परुषता चैव कामः क्रोधो मदस्तथा ॥ २३ ॥
दर्पो द्वेषोऽतिवादश्च एते प्रोक्ता रजोगुणाः ।
तामसानां तु संघातं प्रवक्ष्याम्युपधार्यताम् ॥ २४ ॥

रूप, ऐश्वर्य, विग्रह, त्यागका अभाव, करुणाका अभाव, दुःख-सुखका उपभोग, परनिन्दामें प्रीति, वाद-विवाद करना, अहङ्कार, माननीय पुरुषोंका सत्कार न करना, चिन्ता, वैर-भाव रखना, संताप करना, दूसरोंका धन हड़प लेना, निर्लज्जता, कुटिलता, भेदबुद्धि, कठोरता, काम, क्रोध, मद, दर्प, द्वेष और बहुत बोलनेका स्वभाव—यह रजोगुणका समूह है। ये सारे भाव रजोगुणके कार्य बताये गये हैं। अब मैं [illegible] भावोंके समूहका परिचय देता हूँ, ध्यान देकर सुनो॥

मोहोऽप्रकाशस्तामिस्रमन्धतामिस्रसंज्ञितम् ।
मरणं चान्धतामिस्रं तामिस्रं क्रोध उच्यते ॥ २५ ॥
तमसो लक्षणानीह भक्षणाद्यभिरोचनम् ।
भोजनानामपर्याप्तिस्तथा पेयेष्वतृप्तता ॥ २६ ॥
गन्धवासो विहारेषु शयनेष्वासनेषु च ।
दिवास्वप्नेऽतिवादे च प्रमादेषु च वै रतिः ॥ २७ ॥
नृत्यवादित्रगीतानामज्ञानाच्छ्रद्दधानता ।
द्वेषो धर्मविशेषाणामेते वै तामसा गुणाः ॥ २८ ॥

मोह, अप्रकाश (अज्ञान), तामिस्र और अन्धतामिस्र—ये [illegible] तमोगुणके लक्षण हैं। इनमें तामिस्र क्रोधका वाचक है और अन्धतामिस्र मरणका। भोजनमें रुचिका न होना, खानेकी वस्तुओंसे तृप्ति या संतोषका अभाव अथवा कितना ही भोजन क्यों न मिले, उसे पर्याप्त न मानना, पीनेकी वस्तुओंसे कभी तृप्त न होना, दुर्गन्धयुक्त [illegible] अनुचित विहार, मलिन शय्या और आसनोंका सेवन, दिनमें सोना, अत्यन्त वाद-विवादमें और प्रमादमें [illegible] आसक्त रहना, अज्ञानवश नाच-गीत और नाना प्रकारके बाजोंमें श्रद्धा, नाना प्रकारके धर्मोंसे द्वेष—ये तमोगुणके [illegible] हैं ॥ २५—२८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे त्रयोदशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥३१३॥

इस [illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य और जनकका संवादविषयक तीन सौ तेरहवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ ३१३ ॥

चतुर्दशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

सात्त्विक, राजस और [illegible] प्रकृतिके मनुष्योंकी गतिका वर्णन [illegible] राजा जनकके प्रश्न

याज्ञवल्क्य [illegible]

एते [illegible] गुणास्त्रयः पुरुषसत्तम ।
कृत्स्नस्य चैव जगतस्तिष्ठन्त्यनपगाः सदा ॥ १ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—पुरुषप्रवर! सत्त्व, रज और तम—ये तीन प्रकृतिके गुण हैं, जो सम्पूर्ण जगत्में सदा विद्यमान रहते हैं। कभी उससे अलग नहीं होते हैं॥ १॥

अव्यक्तरूपो भगवान् [illegible] [illegible] [illegible] ।
[illegible] [illegible] चैव [illegible] [illegible] ॥ २ ॥
कोटिशश्च करोत्येष प्रत्यगात्मानमात्मना ।

यह ऐश्वर्यशालिनी प्रकृति अपने ही प्रभावसे जीवको सैकड़ों, हजारों, लाखों और करोड़ों रूपोंमें प्रकट कर देती है॥

सात्त्विकस्योत्तमं स्थानं राजसस्येह मध्यमम् ॥ ३ ॥
[illegible]ां स्थानं प्राहुरध्यात्मचिन्तकाः ।

अध्यात्म-शास्त्रका चिन्तन करनेवाले विद्वान् कहते हैं कि सात्त्विक पुरुषको उत्तम, रजोगुणीको मध्यम और तमोगुणीको [illegible] स्थानकी प्राप्ति होती है ॥ ३½ ॥

केवलेनेह पुण्येन गतिमूर्ध्वामवाप्नुयात् ॥ [illegible] ॥
पुण्यपापेन मानुष्यमधर्मेणाप्यधोगतिम् ।

केवल पुण्य करनेसे मनुष्य ऊर्ध्वलोकमें गमन करता है, पुण्य और पाप दोनोंके अनुष्ठानसे मर्त्यलोकमें जन्म लेता है तथा केवल पापाचार करनेपर उसे अधोगतिमें गिरना पड़ता है ॥ ४½ ॥

द्वन्द्वमेषां त्रयाणां तु संनिपातं च तत्त्वतः ॥ ५ ॥
[illegible] रजसश्चैव [illegible] शृणुष्व मे ।

[illegible] ॥ सत्त्व, [illegible] और तम—इन तीनों गुणोंके द्वन्द्व और संनिपातका यथार्थरूपसे वर्णन करता हूँ, सुनो ॥ ५½ ॥

[illegible] तु रजो दृष्टं रजसश्च तमस्तथा ॥ ६ ॥
तमसश्च तथा सत्त्वं सत्त्वस्याव्यक्तमेव [illegible] ।
अव्यक्तः सत्त्वसंयुक्तो देवलोकमवाप्नुयात् ॥ [illegible] ॥

सत्त्वगुणके साथ रजोगुण, रजोगुणके साथ तमोगुण, तमोगुणके [illegible] सत्त्वगुण तथा सत्त्वगुणके साथ अव्यक्त (जीवात्मा) का सम्मिश्रण देखा जाता है (यह दो तत्त्वोंका संयोग या मेल ही द्वन्द्व है)। जीवात्मा जब सत्त्वगुणसे संयुक्त होता है, [illegible] देवलोकको [illegible] होता है ॥ ६-७ ॥

रजःसत्त्वसमायुक्तो मानुषेषु प्रपद्यते ।
रजस्तमोभ्यां संयुक्तस्तिर्यग्योनिषु जायते ॥ ८ ॥

रजोगुण और सत्त्वगुणसे संयुक्त होनेपर वह मनुष्य-लोकमें जाता है तथा रजोगुण और तमोगुणसे संयुक्त होनेपर वह पशु-पक्षी आदिकी योनियोंमें जन्म ग्रहण करता है ॥ ८ ॥

राजसैस्तामसैः सत्त्वैर्युक्तो मानुषमाप्नुयात् ।
पुण्यपापवियुक्तानां स्थानमाहुर्महात्मनाम् ।
[illegible]ं चाव्ययं चैवमक्षयं चामृतं च तत् ॥ ९ ॥

राजस, [illegible] और सात्त्विक तीनों भावोंसे युक्त होनेपर जीवको मनुष्ययोनिकी प्राप्ति होती है। जो पुण्य और पाप

१-२ दो गुणोंके मेलको द्वन्द्व और तीन गुणोंके मेलको संनिपात कहते हैं।

दोनोंसे रहित हैं, उन महात्मा पुरुषोंके लिये सनातन, अविकारी, अक्षय और अमृतपदकी प्राप्ति बतायी गयी है॥ ९॥

ज्ञानिनां सम्भवं श्रेष्ठं स्थानमव्रणमच्युतम्।
अतीन्द्रियमबीजं च जन्ममृत्युतमोनुदम्॥ १०॥

जहाँ किसी प्रकारका [illegible] नहीं है, जहाँसे कभी पतन नहीं होता है, जो इन्द्रियातीत है, जहाँ बन्धनमें डालनेवाला कोई कारण नहीं है तथा जो जन्म, मृत्यु और अज्ञानका विनाश करनेवाला है, वह श्रेष्ठ स्थान (परमपद) ज्ञानियोंको ही प्राप्त हो सकता है॥ १०॥

अव्यक्तस्थं परं यत् तत् पृष्टस्तेऽहं नराधिप।
स एष प्रकृतिस्थो हि तत्स्थ इत्यभिधीयते॥ ११॥

नरेश्वर! तुमने जो अव्यक्त प्रकृतिमें स्थित परमतत्त्वके विषयमें मुझसे प्रश्न किया था, उसके उत्तरमें यह निवेदन है कि यह परमतत्त्व प्राकृत शरीरमें स्थित होनेसे ही प्रकृतिस्थ कहलाता है॥ ११॥

अचेतना चैव मता प्रकृतिश्चापि पार्थिव।
एतेनाधिष्ठिता चैव सृजते संहरत्यपि॥ १२॥

पृथ्वीनाथ! प्रकृति अचेतन मानी गयी है। इस परम-तत्त्वद्वारा अधिष्ठित होकर ही वह सृष्टि एवं संहार करती है॥ १२॥

जनक उवाच

अनादिनिधनावेतावुभावेव महामते।
अमूर्तिमन्तावचलावप्रकम्प्यगुणागुणौ॥ १३॥

जनकने पूछा—महामते! प्रकृति और पुरुष दोनों आदि-अन्तसे रहित, मूर्तिहीन और अचल हैं। दोनों अपने-अपने गुणमें स्थिर रहनेवाले और दोनों ही निर्गुण हैं॥१३॥

अग्राह्यावृषिशार्दूल कथमेको ह्यचेतनः।
चेतनावांस्तथा चैकः क्षेत्रज्ञ इति भाषितः॥ १४॥

मुनिश्रेष्ठ! वे दोनों ही बुद्धि-अगोचर हैं। फिर इन दोनोंमेंसे एक प्रकृतिको आपने अचेतन क्यों बताया है? तथा दूसरेको चेतन एवं क्षेत्रज्ञ कैसे कहा है?॥ १४॥

त्वं हि विप्रेन्द्र कार्त्स्न्येन मोक्षधर्ममुपाससे।
साकल्यं मोक्षधर्मस्य श्रोतुमिच्छामि तत्त्वतः॥ १५॥

विप्रवर! आप पूर्णरूपसे मोक्षधर्मका सेवन करते हैं, इसलिये आपहीके मुँहसे मैं सम्पूर्ण मोक्ष-धर्मका यथावत् रूपसे श्रवण करना चाहता हूँ॥ १५॥

अस्तित्वं केवलत्वं च विनाभावं तथैव च।
दैवतानि च मे ब्रूहि देहं याल्याश्रितानि वै॥ १६॥

आप पुरुषके अस्तित्व, केवलत्व और प्रकृतिसे पृथक् सत्ताका स्पष्टीकरण कीजिये और देहका आश्रय ग्रहण करनेवाले जो देवता हैं, उनका तत्त्व भी मुझे समझाइये॥ १६॥

तथैवोत्क्रामिणः स्थानं देहिनो वै विपर्ययतः।
कालेन यद्धि प्राप्नोति स्थानं तत् प्रब्रवीहि मे॥ १७॥

तथा मरनेवाले जीवके प्राणोंका जब उत्क्रमण होता है, [illegible] समय उसे समयानुसार किस स्थानकी प्राप्ति होती है। इसपर भी [illegible] डालिये॥ १७॥

सांख्यज्ञानं च तत्त्वेन पृथग्योगं तथैव च।
अरिष्टानि च तत्त्वानि वक्तुमर्हसि सत्तम।
विदितं सर्वमेतत् ते पाणावामलकं यथा॥ १८॥

साधुशिरोमणे! साथ ही पृथक् पृथक् सांख्य और योगके ज्ञानका तथा मृत्युसूचक लक्षणोंका यथार्थरूपसे वर्णन कीजिये; क्योंकि ये सारी बातें आपको हाथपर रखे हुए आँवलेके समान ज्ञात हैं॥ १८॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे चतुर्दशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः॥ ३१४॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य और जनकका संवादविषयक तीन सौ चौदहवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ३१४॥

पञ्चदशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

प्रकृति–पुरुषका विवेक और उसका फल

याज्ञवल्क्य उवाच

न शक्यो निर्गुणस्तात गुणीकर्तुं विशाम्पते।
गुणवांश्चाप्यगुणवान् यथातत्त्वं निबोध मे॥ १॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—तात! प्रजापालक नरेश! निर्गुणको सगुण और सगुणको निर्गुण नहीं किया जा सकता। इस विषयमें जो यथार्थ [illegible] है, वह मुझसे सुनो॥ १॥

गुणैर्हि गुणवानेव निर्गुणश्चागुणस्तथा।
प्राहुरेवं महात्मानो मुनयस्तत्त्वदर्शिनः॥ २॥

तत्त्वदर्शी महात्मा मुनि कहते हैं, जिसका गुणोंके [illegible] सम्पर्क है, वह गुणवान् है तथा जो गुणोंके संसर्गसे रहित है, वह निर्गुण कहलाता है॥ २॥

गुणस्वभावस्त्वव्यक्तो गुणान् नैवातिवर्तते।
उपयुङ्क्ते च तानेव स चैवाज्ञः स्वभावतः॥ ३॥

अव्यक्त प्रकृति स्वभावसे ही गुणवती है। वह गुणोंका कभी उल्लङ्घन नहीं कर सकती है। उन्हींको उपयोगमें लाती है और स्वभावसे ही ज्ञानरहित है॥ ३॥

अव्यक्तस्तु न जानीते पुरुषो ज्ञः स्वभावतः।
न मत्तः परमोऽस्तीति नित्यमेवाभिमन्यते॥ ४॥

प्रकृतिको किसी वस्तुका ज्ञान नहीं होता। इसके विपरीत पुरुष स्वभावसे ही ज्ञानी है। वह सदा इस बातको जानता रहता है कि मुझसे कोई दूसरा उत्कृष्ट पदार्थ नहीं है॥ ४॥

अनेन कारणेनैतदव्यक्तं स्यादचेतनम्।

नित्यत्वाच्चाक्षरत्वाच्च क्षरत्वाच्च तदन्यथा ॥ ५ ॥

इस कारणसे प्रकृतिको अचेतन माना गया है। भाव अर्थात् विनाशी होनेके कारण वह जडके सिवा और कुछ हो ही नहीं सकती। इधर नित्य तथा अक्षर (अविनाशी) होनेके कारण पुरुष चेतन है ॥ ५ ॥

यदाज्ञानेन कुर्वीत गुणसर्गं पुनः पुनः।
यदाऽऽत्मानं न जानीते तदाऽऽत्मापि न मुच्यते ॥ ६ ॥

परंतु वह जबतक अज्ञानवश बारंबार गुणोंका संसर्ग करता और अपने असङ्गस्वरूपको नहीं जानता है, तबतक उसकी मुक्ति नहीं होती है ॥ ६ ॥

कर्तृत्वाच्चापि सर्गाणां सर्गधर्मा तथोच्यते।
कर्तृत्वाच्चापि योगानां योगधर्मा तथोच्यते ॥ ७ ॥

वह अपनेको सृष्टिका कर्ता माननेके कारण सर्गधर्मा कहलाता है और योगका कर्ता माननेसे योगधर्मा कहा जाता है ॥ ७ ॥

कर्तृत्वात् प्रकृतीनां च तथा प्रकृतिधर्मिता ॥ ८ ॥

नाना प्रकृतियोंको अपनेमें स्वीकार कर लेनेसे वह प्रकृतिधर्मवाला हो जाता है ॥ ८ ॥

कर्तृत्वाच्चापि बीजानां बीजधर्मा तथोच्यते।
गुणानां प्रसवत्वाच्च प्रलयत्वात् तथैव च ॥ ९ ॥

तथा स्थावर पदार्थोंके बीजोंका कर्ता होनेसे उसे बीजधर्मा कहते हैं। साथ ही वह गुणोंकी उत्पत्ति और प्रलयका कर्ता है, इसलिये गुणधर्मा कहलाता है ॥ ९ ॥

उपेक्षत्वादनन्यत्वादभिमानाच्च केवलम्।
मन्यन्ते यतयः सिद्धा अध्यात्मज्ञा गतज्वराः।
अनित्यं नित्यमव्यक्तं व्यक्तमेतद्धि शुश्रुम ॥ १० ॥

अध्यात्मशास्त्रको जाननेवाले चिन्तारहित सिद्ध यति लोग पुरुषको केवल (प्रकृतिके सङ्गसे रहित) मानते हैं; क्योंकि वह साक्षी और अद्वितीय है, उसे सुख-दुःखका अनुभव तो अभिमानके कारण होता है। वह वास्तवमें तो नित्य और अव्यक्त है, किंतु प्रकृतिके सम्बन्धसे अनित्य और व्यक्त प्रतीत होता है ॥ १० ॥

अव्यक्तैकत्वमित्याहुर्नानात्वं पुरुषे तथा।
सर्वभूतदयावन्तः केवलं ज्ञानमास्थिताः ॥ ११ ॥

सम्पूर्ण प्राणियोंपर दया करनेवाले और केवल ज्ञानका सहारा लेनेवाले कुछ सांख्यके विद्वान् प्रकृतिको एक तथा पुरुषको अनेक मानते हैं ॥ ११ ॥

अन्यः स पुरुषोऽव्यक्तस्त्वध्रुवो ध्रुवसंज्ञकः।
यथा मुञ्ज इषीकाणां तथैवैतद्धि जायते ॥ १२ ॥

पुरुष प्रकृतिसे भिन्न और नित्य है तथा अव्यक्त (प्रकृति) पुरुषसे भिन्न एवं अनित्य है। जैसे सींकसे मूँज अलग होती है, उसी प्रकार प्रकृति भी पुरुषसे पृथक् है ॥

अन्यं च मशकं विद्यादन्यच्चोदुम्बरं तथा।
न चोदुम्बरसंयोगैर्मशकस्तत्र लिप्यते ॥ १३ ॥
अन्य एव तथा मत्स्यस्तदन्यदुदकं स्मृतम्।
न चोदकस्य स्पर्शेन मत्स्यो लिप्यति सर्वशः ॥ १४ ॥

जैसे गूलर और उसके कीड़े एक साथ होनेपर भी अलग-अलग समझे जाते हैं, गूलरके संयोगसे कीड़े उससे लिप्त नहीं होते तथा जैसे मत्स्य दूसरी वस्तु है और जल दूसरी। पानीके स्पर्शसे कभी कोई मत्स्य लिप्त नहीं होता है ॥ १३-१४ ॥

अन्यो ह्यग्निरुखाप्यन्या नित्यमेवमवेहि भोः।
न चोपलिप्यते सोऽग्निरुखासंस्पर्शनेन वै ॥ १५ ॥

राजन्! जैसे अग्नि दूसरी वस्तु है और मिट्टीकी हँड़िया दूसरी वस्तु। इन दोनोंके भेदको नित्य समझो। उस हँड़ियेके स्पर्शसे अग्नि दूषित नहीं होती है ॥ १५ ॥

पुष्करं त्वन्यदेवात्र तथान्यदुदकं स्मृतम्।
न चोदकस्य स्पर्शेन लिप्यते तत्र पुष्करम् ॥ १६ ॥

जैसे कमल दूसरी वस्तु है और पानी दूसरी, पानीके स्पर्शसे कमल लिप्त नहीं होता है। उसी प्रकार पुरुष भी प्रकृतिसे भिन्न और असङ्ग है ॥ १६ ॥

एतेषां सहवासं च निवासं चैव नित्यशः।
याथातथ्येन पश्यन्ति न नित्यं प्राकृता जनाः ॥ १७ ॥
ये त्वन्यथैव पश्यन्ति न सम्यक् तेषु दर्शनम्।
ते व्यक्तं निरयं घोरं प्रविशन्ति पुनः पुनः ॥ १८ ॥

साधारण मनुष्य इनके सहवास और निवासको कभी ठीक-ठीक समझ नहीं पाते। जो इन दोनोंके स्वरूपको अन्यथा जानते हैं अर्थात् प्रकृति और पुरुषको एक दूसरेसे भिन्न नहीं जानते हैं उनकी दृष्टि ठीक नहीं है। वे अवश्य ही बारबार घोर नरकमें पड़ते हैं ॥ १७-१८ ॥

सांख्यदर्शनमेतत् ते परिसंख्यातमुत्तमम्।
एवं हि परिसंख्याय सांख्याः केवलतां गताः ॥ १९ ॥

इस प्रकार मैंने तुम्हें यह विचारप्रधान उत्तम सांख्यदर्शन बताया है। सांख्यशास्त्रके विद्वान् इस प्रकार जान करके कैवल्यको प्राप्त हो गये हैं ॥ १९ ॥

ये त्वन्ये तत्त्वकुशलास्तेषामेतन्निदर्शनम्।
अतः परं प्रवक्ष्यामि योगानामनुदर्शनम् ॥ २० ॥

दूसरे भी जो तत्त्वविचारकुशल विद्वान् हैं, उनका भी ऐसा ही मत है। इसके बाद मैं योगियोंके शास्त्रका वर्णन करूँगा ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे पञ्चदशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३१५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य और जनकके संवादमें तीन सौ पंद्रहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३१५ ॥

षोडशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

योगका वर्णन और उसके साधनसे परब्रह्म परमात्माकी प्राप्ति

याज्ञवल्क्य उवाच

सांख्यज्ञानं मया प्रोक्तं योगज्ञानं निबोध मे।
यथाश्रुतं यथादृष्टं तत्त्वेन नृपसत्तम ॥ १ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—नृपश्रेष्ठ! मैं सांख्यसम्बन्धी ज्ञान तो तुम्हें बतला चुका। अब जैसा मैंने देखा, सुना या समझा है, उसके अनुसार योगशास्त्रका तात्त्विक ज्ञान मुझसे सुनो॥

नास्ति सांख्यसमं ज्ञानं नास्ति योगसमं बलम्।
तावुभावेकचर्यौ तावुभावनिधनौ स्मृतौ ॥ २ ॥

सांख्यके समान कोई ज्ञान नहीं है। योगके समान कोई बल नहीं है। इन दोनोंका लक्ष्य एक है और वे दोनों ही मृत्युका निवारण करनेवाले माने गये हैं ॥ २॥

पृथक् पृथक् प्रपश्यन्ति येऽल्पबुद्धिरता नराः।
वयं तु राजन् पश्याम एकमेव तु निश्चयात् ॥ ३ ॥

राजन्! जो मनुष्य अज्ञानपरायण हैं, वे ही इन दोनों शास्त्रोंको सर्वथा भिन्न मानते हैं। हम तो विचारके द्वारा पूर्ण निश्चय करके दोनोंको एक ही समझते हैं ॥ ३ ॥

यदेव योगाः पश्यन्ति तत् सांख्यैरपि दृश्यते।
एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स तत्त्ववित् ॥ ४ ॥

योगी जिस तत्त्वका साक्षात्कार करते हैं, वही सांख्योंद्वारा भी देखा जाता है; अतः जो सांख्य और योगको एक देखता है, वही तत्त्वज्ञानी है ॥ ४ ॥

रुद्रप्रधानानपरान् विद्धि योगान्परंतप।
तेनैव चाथ देहेन विचरन्ति दिशो दश ॥ ५ ॥

शत्रुदमन नरेश! योग-साधनोंमें रुद्र अर्थात् प्राण प्रधान है। इन सबको तुम सर्वश्रेष्ठ समझो। प्राणको अपने वशमें कर लेनेपर योगी इसी शरीरसे दसों दिशाओंमें स्वच्छन्द विचरण कर सकते हैं ॥ ५॥

यावद्धि [illegible] सूक्ष्मेणाष्टगुणेन ह।
योगेन लोकान् विचरन् सुखं संन्यस्य चानघ ॥ ६ ॥

प्रिय निष्पाप भूपाल! जबतक मृत्यु न हो जाय, तबतक ही योगी योगबलसे स्थूल शरीरको यहीं छोड़कर अष्टविध ऐश्वर्यसे युक्त सूक्ष्मशरीरके द्वारा लोक-लोकान्तरोंमें सुखपूर्वक विचरण करता है ॥ ६ ॥

वेदेषु चाष्टगुणिनं योगमाहुर्मनीषिणः।
सूक्ष्ममष्टगुणं प्राहुर्नेतरं नृपसत्तम ॥ ७ ॥

नृपश्रेष्ठ! मनीषी पुरुषोंका कहना है कि वेदमें स्थूल और सूक्ष्म दो प्रकारके योगोंका वर्णन है। उनमें स्थूल योग अणिमा आदि आठ प्रकारकी सिद्धि प्रदान करनेवाला है और सूक्ष्म योग ही (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—इन) आठ गुणों (अङ्गों) से युक्त है; दूसरा नहीं ॥ ७ ॥

द्विगुणं योगकृत्यं तु योगानां प्राहुरुत्तमम्।
सगुणं निर्गुणं चैव यथा शास्त्रनिदर्शनम् ॥ ८ ॥

योगका मुख्य साधन दो प्रकारका बताया गया है—सगुण और निर्गुण (सबीज और निर्बीज)। ऐसा ही शास्त्रोंका निर्णय है ॥ ८ ॥

धारणं चैव मनसः प्राणायामश्च पार्थिव।
एकाग्रता च मनसः प्राणायामस्तथैव च ॥ ९ ॥

पृथ्वीनाथ! किसी विशेष देशमें चित्तको स्थापित करनेका नाम 'धारणा' है। मनकी धारणाके साथ किया जानेवाला प्राणायाम सगुण है और देश-विशेषका आश्रय न लेकर मनको निर्बीज समाधिमें एकाग्र [illegible] निर्गुण प्राणायाम कहलाता है ॥ ९ ॥

प्राणायामो हि सगुणो निर्गुणं धारयेन्मनः।
यद्यदृश्यति मुञ्चन् वै प्राणान् मैथिलसत्तम।
वाताधिक्यं भवत्येव तस्मात् तं न समाचरेत् ॥ १० ॥

सगुण प्राणायाम मनको निर्गुण अर्थात् वृत्तिशून्य करके स्थिर करनेमें सहायक होता है। मैथिलशिरोमणे! यदि पूरक आदिके समय नियत देवता आदिका ध्यानद्वारा साक्षात्कार किये बिना ही कोई प्राणवायुका रेचन करता है तो उसके शरीरमें वायुका प्रकोप बढ़ जाता है; अतः ध्यानरहित प्राणायामको नहीं करना चाहिये ॥ १० ॥

निशायाः प्रथमे यामे चोदना द्वादश स्मृताः।
मध्ये स्वप्नात् परे यामे द्वादशैव तु चोदनाः ॥ ११ ॥

रातके पहले पहरमें वायुको धारण करनेकी बारह प्रेरणाएँ बतायी गयी हैं। मध्य रात्रिमें रात्रिके बिचले दो पहरोंमें सोना चाहिये तथा पुनः अन्तिम प्रहरमें बारह प्रेरणाओंका ही अभ्यास करना चाहिये* ॥ ११ ॥

तदेवमुपशान्तेन दान्तेनैकान्तशीलिना।
आत्मारामेण बुद्धेन योक्तव्योऽऽत्मा न संशयः ॥ १२ ॥

इस प्रकार प्राणायामके द्वारा मनको वशमें करके शान्त और जितेन्द्रिय हो एकान्तवास करनेवाले आत्माराम ज्ञानीको चाहिये कि मनको परमात्मामें लगावे। इसमें संशय नहीं है ॥

पञ्चानामिन्द्रियाणां तु दोषानाक्षिप्य पञ्चधा।
शब्दं रूपं तथा स्पर्शं रसं गन्धं तथैव च ॥ १३ ॥

* एक प्राणायाममें पूरक, कुम्भक और रेचकके [illegible] प्रेरणाएँ समझनी चाहिये। इस प्रकार जहाँ बारह प्रेरणाओंके अभ्यासका विधान किया गया है, वहाँ चार-चार प्राणायाम करनेकी विधि समझनी चाहिये। तात्पर्य [illegible] कि रातके पहले और [illegible] पहरोंमें ध्यानपूर्वक चार-चार प्राणायामोंका नित्य [illegible] योगीके लिये अत्यन्त आवश्यक है।

प्रतिभामपवर्गं च प्रतिसंहृत्य मैथिल ।
इन्द्रियग्राममखिलं मनस्यभिनिवेश्य ह ॥ १४ ॥
मनस्तथैवाहंकारे प्रतिष्ठाप्य नराधिप ।
अहंकारं तथा बुद्धौ बुद्धिं च प्रकृतावपि ॥ १५ ॥
एवं हि परिसंख्याय ततो ध्यायन्ति केवलम् ।
विरजस्कमलं नित्यमनन्तं शुद्धमव्रणम् ॥ १६ ॥
तस्थुषं पुरुषं नित्यमभेद्यमजरामरम् ।
शाश्वतं चाव्ययं चैव ईशानं [illegible] चाव्ययम् ॥ १७ ॥

मिथिलानरेश ! शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध— ये इन्द्रियोंके पाँच दोष हैं। इन दोषोंको दूर करे। फिर लय और विक्षेपको शान्त करके सम्पूर्ण इन्द्रियोंको मनमें स्थिर करे। नरेश्वर ! तत्पश्चात् मनको अहंकारमें, अहंकारको बुद्धिमें और बुद्धिको प्रकृतिमें स्थापित करे। इस प्रकार सबका लय करके योगी पुरुष केवल [illegible] परमात्माका ध्यान करते हैं, जो रजोगुणसे रहित, निर्मल, नित्य, अनन्त, शुद्ध, छिद्ररहित, कूटस्थ, अन्तर्यामी, अभेद्य, अजर, अमर, अविकारी, सबका शासन करनेवाला और सनातन [illegible] है ॥ १३–१७ ॥

युक्तस्य तु महाराज लक्षणान्युपधारय ।
लक्षणं तु प्रसादस्य यथा तृप्तः सुखं स्वपेत् ॥ १८ ॥

महाराज ! अब समाधिमें स्थित हुए योगीके [illegible] सुनो। जैसे तृप्त हुआ मनुष्य सुखसे सोता है, उसी [illegible] योगयुक्त पुरुषके चित्तमें सदा प्रसन्नता बनी रहती है— वह समाधिसे विरत होना नहीं चाहता। यही उसकी प्रसन्नताकी पहचान है ॥ १८ ॥

निर्वाते [illegible] यथा दीपो ज्वलेत् स्नेहसमन्वितः ।
निश्चलोर्ध्वशिखस्तद्वद् युक्तमाहुर्मनीषिणः ॥ १९ ॥

जैसे तेलसे भरा हुआ दीपक वायुशून्य स्थानमें एकतार जलता रहता है। उसकी शिखा स्थिरभावसे ऊपरकी ओर उठी रहती है, उसी तरह समाधिनिष्ठ योगीको भी मनीषी पुरुष स्थिर बताते हैं ॥ १९ ॥

पाषाण [illegible] मेघोत्थैर्यथा बिन्दुभिराहतः ।
[illegible] चालयितुं [illegible] युक्तस्य लक्षणम् ॥ २० ॥

जैसे बादलकी बरसायी हुई बूँदोंके आघातसे पर्वत चञ्चल नहीं होता, उसी तरह अनेक प्रकारके विक्षेप आकर योगीको विचलित नहीं कर सकते। यही योगयुक्त पुरुषकी पहचान है ॥ २० ॥

शङ्खदुन्दुभिनिर्घोषैर्विविधैर्गीतवादितैः ।
क्रियमाणैर्न कम्पेत युक्तस्यैतन्निदर्शनम् ॥ २१ ॥

उसके पास बहुत-से शङ्ख और नगाड़ोंकी ध्वनि हो और तरह-तरहके गाने बजाने किये जायँ तो भी उसका ध्यान भङ्ग नहीं हो सकता। यही उसकी सुदृढ समाधिकी पहचान है ॥ २१ ॥

तैलपात्रं यथा पूर्णं कराभ्यां गृह्य पूरुषः ।
सोपानमारुहेद् भीतस्तर्ज्यमानोऽसिपाणिभिः ॥२२॥
संयतात्मा भयात् तेषां न पात्राद् बिन्दुमुत्सृजेत् ।
तथैवोत्तरमागम्य एकाग्रमनसस्तथा ॥ २३ ॥
स्थिरत्वादिन्द्रियाणां तु निश्चलत्वात् तथैव च ।
एवं युक्तस्य तु मुनेर्लक्षणान्युपलक्षयेत् ॥ २४ ॥

जैसे मनको संयममें रखनेवाला [illegible] मनुष्य हाथोंमें तेलसे भरा कटोरा लेकर सीढ़ीपर चढ़े और [illegible] बहुत-से पुरुष हाथमें तलवार लेकर उसे डराने-धमकाने लगें तो भी वह उनके डरसे एक बूँद भी तेल पात्रसे गिरने नहीं देता, उसी प्रकार योगकी ऊँची स्थितिको प्राप्त हुआ एकाग्रचित्त योगी इन्द्रियोंकी स्थिरता और मनकी अविचल स्थितिके कारण समाधिसे विचलित नहीं होता। योगसिद्ध मुनिके ऐसे ही [illegible] समझने चाहिये ॥ २२–२४ ॥

स्वयुक्तः पश्यते ब्रह्म यत् तत्परममव्ययम् ।
महतस्तमसो मध्ये स्थितं ज्वलनसंनिभम् ॥ २५ ॥

जो अच्छी तरह समाधिमें स्थित हो जाता है, वह महान् अन्धकारके बीचमें प्रकाशित होनेवाली प्रज्वलित अग्निके समान हृदयदेशमें स्थित अविनाशी (ज्ञानस्वरूप) परब्रह्मका साक्षात्कार करता है ॥ २५ ॥

एतेन केवलं याति त्यक्त्वा देहमसाक्षिकम् ।
कालेन महता राजञ्श्रुतिरेषा सनातनी ॥ २६ ॥

राजन् ! इस साधनाके द्वारा मनुष्य दीर्घकालके पश्चात् इस अचेतन देहका परित्याग करके केवल (प्रकृतिके संसर्गसे रहित) परब्रह्म परमात्माको प्राप्त हो जाता है। ऐसी सनातन श्रुति है ॥ २६ ॥

एतद्धि योगं योगानां किमन्यद् योगलक्षणम् ।
विज्ञाय तद्धि मन्यन्ते [illegible] मनीषिणः ॥ २७ ॥

यही योगियोंका योग है। इसके सिवा योगका और क्या [illegible] हो सकता है ? इसे जानकर मनीषी पुरुष अपने आपको कृतकृत्य मानते हैं ॥ २७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे षोडशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३१६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य और जनकका संवादविषयक तीन [illegible] सोलहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३१६ ॥

सप्तदशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

विभिन्न अङ्गोंसे प्राणोंके उत्क्रमणका फल तथा मृत्युसूचक लक्षणोंका वर्णन और मृत्युको जीतनेका उपाय

याज्ञवल्क्य उवाच

तथैवोत्क्रममाणं तु शृणुष्वावहितो नृप।
पद्भ्यामुत्क्रममाणस्य वैष्णवं स्थानमुच्यते ॥ १ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—नरेश्वर ! देह-त्यागके समय मनुष्यके जिन-जिन अङ्गोंसे निकलकर प्राण जिन-जिन ऊर्ध्वलोकोंमें जाते हैं, उनके विषयमें बता रहा हूँ; तुम सावधान होकर सुनो। पैरोंके मार्गसे प्राणोंके उत्क्रमण करनेपर मनुष्यको भगवान् विष्णुके परमधामकी प्राप्ति होती बतायी जाती है ॥ १ ॥

जङ्घाभ्यां तु वसून् देवानाप्नुयादिति नः श्रुतम्।
जानुभ्यां च महाभागान् साध्यान् देवानवाप्नुयात्॥२॥

जिसके प्राण दोनों पिण्डलियोंके मार्गसे बाहर निकलते हैं, वह वसु नामक देवताओंके लोकमें जाता है; ऐसा हमने सुन रक्खा है। घुटनोंसे प्राणत्याग करनेपर महाभाग साध्य-देवताओंके लोकोंकी प्राप्ति होती है ॥ २ ॥

पायुनोत्क्रममाणस्तु मैत्रं स्थानमवाप्नुयात्।
पृथिवीं जघनेनाथ ऊरुभ्यां च प्रजापतिम् ॥ ३ ॥

जिसके प्राण गुदामार्गसे निकलकर ऊपरकी ओर जाते हैं, वह मित्रदेवताके उत्तम स्थानको पाता है। कटिके अग्रभागसे प्राण निकलनेपर पृथ्वीलोककी और दोनों जाँघोंसे निकलनेपर प्रजापतिलोककी प्राप्ति होती है ॥ ३ ॥

पार्श्वाभ्यां मरुतो देवान् नाभ्यामिन्द्रत्वमेव च।
बाहुभ्यामिन्द्रमेवाहुरुरसा रुद्रमेव च ॥ ४ ॥

दोनों पसलियोंसे प्राणोंका निष्क्रमण हो तो मरुत् नामक देवताओंकी, नाभिसे हो तो इन्द्रपदकी, दोनों भुजाओंसे हो तो भी इन्द्रपदकी ही और वक्षःस्थलसे हो तो रुद्रलोककी प्राप्ति होती है ॥ ४ ॥

ग्रीवया तु मुनिश्रेष्ठं नरमाप्नोत्यनुत्तमम्।
विश्वेदेवान् मुखेनाथ दिशः श्रोत्रेण चाप्नुयात्॥ ५ ॥

ग्रीवासे प्राणोंका निष्क्रमण होनेपर मनुष्य मुनियोंमें श्रेष्ठ परम उत्तम नरका सांनिध्य प्राप्त करता है। मुखसे प्राण-त्याग करनेपर वह विश्वेदेवोंको और श्रोत्रसे प्राण त्यागनेपर दिशाओंकी अधिष्ठात्री देवियोंको प्राप्त होता है ॥ ५ ॥

घ्राणेन गन्धवहनं नेत्राभ्यामग्निमेव च।
भ्रूभ्यां चैवाश्विनौ देवौ ललाटेन पितृनथ ॥ ६ ॥

नासिकासे प्राणोंका उत्क्रमण हो तो मनुष्य वायुदेवताको, दोनों नेत्रोंसे हो तो अग्निदेवताको, दोनों भौंहोंसे हो तो अश्विनीकुमारोंको और ललाटसे हो तो पितरोंको प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

ब्रह्माणमाप्नोति विभुं मूर्ध्ना देवाग्रजं [illegible]।
एतान्युत्क्रमणस्थानान्युक्तानि मिथिलेश्वर ॥ ७ ॥

मस्तकसे प्राणोंका परित्याग करनेपर मनुष्य देवताओंके अग्रज भगवान् ब्रह्माजीके लोकको जाता है। मिथिलेश्वर ! ये प्राणोंके निष्क्रमणके स्थान बताये गये हैं ॥ ७ ॥

अरिष्टानि प्रवक्ष्यामि विहितानि मनीषिभिः।
संवत्सरवियोगस्य सम्भवन्ति शरीरिणः ॥ ८ ॥

अब मैं ज्ञानी पुरुषोंद्वारा नियत किये हुए अमङ्गल अथवा मृत्युको सूचित करनेवाले उन चिह्नोंका वर्णन करता हूँ, जो देहधारीके शरीर छूटनेमें केवल एक वर्ष शेष रह जानेपर उसके सामने प्रकट होते हैं ॥ ८ ॥

योऽरुन्धतीं न पश्येत दृष्टपूर्वां कदाचन।
तथैव ध्रुवमित्याहुः पूर्णेन्दुं दीपमेव च ॥ ९ ॥
खण्डाभासं दक्षिणतस्तेऽपि संवत्सरायुषः।

जो कभी पहलेकी देखी हुई अरुन्धती और ध्रुवको न देख पाता हो तथा पूर्णचन्द्रमाका मण्डल और दीपककी शिखा जिसे दाहिने भागसे खण्डित जान पड़े, ऐसे लोग केवल एक वर्षतक जीवित रहनेवाले होते हैं ॥ ९½ ॥

परचक्षुषि चात्मानं ये न पश्यन्ति पार्थिव ॥ १० ॥
आत्मच्छायाकृतीभूतं तेऽपि संवत्सरायुषः।

पृथ्वीनाथ ! जो लोग दूसरेके नेत्रोंमें अपनी परछाईं न देख सकें, उनकी आयु भी एक ही वर्षतक शेष समझनी चाहिये॥

अतिद्युतिरतिप्रज्ञा [illegible] चाद्युतिस्तथा ॥ ११ ॥
प्रकृतेर्विक्रियापत्तिः षण्मासान्मृत्युलक्षणम्।

यदि मनुष्यकी बहुत बढ़ी-चढ़ी कान्ति भी अत्यन्त फीकी पड़ जाय, अधिक बुद्धिमत्ता भी बुद्धिहीनतामें परिणत हो जाय और स्वभावमें भी भारी उलट-फेर हो जाय तो यह उसके छः महीनेके भीतर ही होनेवाली मृत्युका सूचक है ॥ ११½ ॥

दैवतान्यवजानाति ब्राह्मणैश्च विरुध्यते ॥ १२ ॥
कृष्णश्यावच्छविच्छायः षण्मासान्मृत्युलक्षणम्।

जो काले रंगका होकर भी पीला पड़ने लगे, देवताओंका अनादर करे और ब्राह्मणोंके साथ विरोध करे, वह भी छः महीनेसे अधिक नहीं जी सकता; यह उक्त लक्षणोंसे सूचित होता है ॥ १२½ ॥

ऊर्णनाभेर्यथा चक्रं छिद्रं सोमं प्रपश्यति ॥ १३ ॥
तथैव च सहस्रांशुं सप्तरात्रेण मृत्युभाक्।

जो मनुष्य सूर्य और चन्द्रमाके मण्डलको मकड़ीके जालेके समान छिद्रयुक्त देखता है, वह सात रातमें ही मृत्युका भागी होता है ॥ १३½ ॥

शवगन्धमुपाघ्राति सुरभिं प्राप्य यो नरः ॥ १४ ॥
देवतायतनस्थस्तु सप्तरात्रेण मृत्युभाक्।

जो देवमन्दिरमें बैठकर वहाँकी सुगन्धित वस्तुमें सड़े मुर्देकी-सी दुर्गन्धका अनुभव करता है, वह [illegible] दिनमें ही मृत्युको प्राप्त हो [illegible] है ॥ १४½ ॥

कर्णनासावनमनं दन्तदृष्टिविरागिता ॥ १५ ॥
संज्ञालोपो निरूष्मत्वं सद्योमृत्युनिदर्शनम् ।
अकस्माच्च स्रवेद् यस्य वाममक्षि नराधिप ॥ १६ ॥
मूर्धतश्चोत्पतेद् धूमः सद्योमृत्युनिदर्शनम् ।

नरेश्वर ! जिसके नाक और कान टेढ़े हो जायँ, दाँत और नेत्रोंका रंग बिगड़ जाय, जिसे बेहोशी होने लगे, जिसका शरीर ठंढा पड़ जाय तथा जिसकी बायीं आँखसे अकस्मात् आँसू बहने और मस्तकसे धुआँ उठने लगे, उसकी तत्काल [illegible] हो जाती है । उपर्युक्त [illegible] तत्काल होनेवाली मृत्युके सूचक हैं ॥ १५–१६½ ॥

एतावन्ति त्वरिष्टानि विदित्वा मानवोऽऽत्मवान् ॥ १७ ॥
[illegible] चाहनि चात्मानं योजयेत् परमात्मनि ।
प्रतीक्षमाणस्तत्कालं यत्कालं प्रेतता भवेत् ॥ १८ ॥

इन मृत्युसूचक लक्षणोंको जानकर मनको वशमें रखने-[illegible] साधक रात-दिन परमात्माका ध्यान करे और जिस समय मृत्यु होनेवाली हो, उस कालकी प्रतीक्षा करता रहे ॥ १७-१८ ॥

[illegible] नेष्टं मरणं स्थातुमिच्छेदिमां क्रियाम् ।
सर्वगन्धान् रसांश्चैव धारयीत नराधिप ॥ १९ ॥

नरेश्वर ! यदि योगीको मृत्यु अभीष्ट न हो, अभी वह इस जगत्‌में रहना चाहे तो यह क्रिया करे । पूर्वोक्त रीतिसे पञ्चभूतविषयक धारणा करके पृथ्वी आदि तत्त्वोंपर विजय [illegible] करते हुए सम्पूर्ण गन्धों, रसों तथा रूप आदि विषयोंको अपने वशमें करे [illegible] ॥ १९ ॥

ससांख्यधारणं चैव विदितात्मा नरर्षभ ।
जयेच्च मृत्युं योगेन तत्परेणान्तरात्मना ॥ २० ॥

नरश्रेष्ठ ! [illegible] और योगके अनुसार धारणापूर्वक आत्म-[illegible] ज्ञान [illegible] करके ध्यानयोगके द्वारा अन्तरात्माको परमात्मामें लगा देनेसे योगी मृत्युको जीत लेता है ॥ २० ॥

गच्छेत् प्राप्याक्षयं कृत्स्नमजन्म शिवमव्ययम् ।
शाश्वतं स्थानमचलं दुष्प्रापमकृतात्मभिः ॥ २१ ॥

ऐसा करनेसे वह [illegible] सनातन पदको प्राप्त करता है, जो अशुद्ध चित्तवाले पुरुषोंको दुर्लभ है तथा जो अक्षय, अजन्मा, अचल, अविकारी, पूर्ण एवं कल्याणमय है ॥ २१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादे सप्तदशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३१७ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य और जनकका संवादविषयक तीन सौ सतरहवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ ३१७ ॥

अष्टादशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः

याज्ञवल्क्यद्वारा अपनेको सूर्यसे वेदज्ञानकी प्राप्तिका प्रसङ्ग सुनाना, विश्वावसुको जीवात्मा और परमात्माकी एकताके ज्ञानका उपदेश देकर उसका फल मुक्ति बताना तथा जनकको उपदेश देकर विदा होना

याज्ञवल्क्य उवाच

अव्यक्तस्थं परं यत् तत् पृष्टस्तेऽहं नराधिप ।
परं गुह्यमिमं प्रश्नं शृणुष्वावहितो नृप ॥ १ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं—नरेश्वर ! तुमने जो मुझसे अव्यक्तमें स्थित परब्रह्मके विषयमें प्रश्न किया है, वह अत्यन्त गूढ है । उसके विषयमें ध्यान देकर सुनो ॥ १ ॥

यथाऽऽर्षेणेह विधिना चरतावनतेन ह ।
मयाऽऽदित्यादवाप्तानि यजूंषि मिथिलाधिप ॥ २ ॥

मिथिलापते ! पूर्वकालमें मैंने शास्त्रोक्त विधिसे व्रतका आचरण करते हुए नतमस्तक होकर भगवान् सूर्यसे जिस प्रकार शुक्लयजुर्वेदके मन्त्र उपलब्ध किये थे, वह [illegible] प्रसङ्ग सुनो ॥ २ ॥

---

* धारणाद्वारा पञ्चभूतोंपर विजय या अधिकार प्राप्त करके योगी जन्म, जरा, [illegible] आदिको जीत लेता है; [illegible] विषयमें [illegible] सूत्र भी [illegible] है—

पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखे समुत्थिते पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्ते ।
न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः [illegible] योगाग्निमयं शरीरम् ॥

'ध्यानयोगका साधन करते-करते जब पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश—इन पाँच महाभूतोंका उत्थान हो जाता है अर्थात् [illegible] पाँचों महाभूतोंपर अधिकार हो जाता है और [illegible] पाँचों महाभूतोंसे सम्बन्ध रखनेवाली योगविषयक पाँचों सिद्धियाँ प्रकट हो जाती हैं, उस [illegible] योगाग्निमय शरीरको प्राप्त [illegible] लेनेवाले उस योगीके शरीरमें न तो रोग होता है, न बुढ़ापा आता है और न उसकी [illegible] ही होती है । अभिप्राय यह कि उसकी इच्छाके बिना [illegible] शरीर नष्ट नहीं हो [illegible] (योगद० ३ । ४६, ४७) ।

महता तपसा देवस्तपिष्णुः सेवितो मया।
प्रीतेन चाहं विभुना सूर्येणोक्तस्तदानघ ॥ ३ ॥

निष्पाप नरेश ! पहलेकी बात है, मैंने बड़ी भारी तपस्या करके तपनेवाले भगवान् सूर्यकी आराधना की थी। उससे प्रसन्न होकर भगवान् सूर्यने मुझसे कहा – ॥ ३ ॥

वरं वृणीष्व विप्रर्षे यदिष्टं ते सुदुर्लभम्।
तत् ते दास्यामि प्रीतात्मा मत्प्रसादो हि दुर्लभः ॥ ४ ॥

'ब्रह्मर्षे ! तुम्हारी जैसी इच्छा हो, उसके अनुसार कोई वर माँगो। वह अत्यन्त दुर्लभ होनेपर भी मैं तुम्हें दे दूँगा; क्योंकि मेरा मन तुम्हारी तपस्यासे बहुत संतुष्ट है। मेरा कृपा-प्रसाद प्रायः दुर्लभ है' ॥ ४ ॥

ततः प्रणम्य शिरसा मयोक्तस्तपतां वरः।
यजूंषि नोपयुक्तानि क्षिप्रमिच्छामि वेदितुम् ॥ ५ ॥

तब मैंने मस्तक झुकाकर तपनेवालोंमें श्रेष्ठ भगवान् सूर्यको प्रणाम किया और उनसे कहा—'प्रभो ! मैं शीघ्र ही ऐसे यजुर्मन्त्रोंका ज्ञान प्राप्त करना चाहता हूँ, जो आजसे पहले दूसरे किसीके उपयोगमें नहीं आये हैं' ॥ ५ ॥

ततो मां भगवानाह वितरिष्यामि ते द्विज।
सरस्वतीह वाग्भूता शरीरं ते प्रवेक्ष्यति ॥ ६ ॥
ततो मामाह भगवानास्यं स्वं विवृतं कुरु।
विवृतं च ततो मेऽऽस्यं प्रविष्टा च सरस्वती ॥ ७ ॥

तब भगवान् सूर्यने मुझसे कहा—'ब्रह्मन् ! मैं तुम्हें यजुर्वेद प्रदान करता हूँ। तुम अपना मुँह खोलो। वाङ्मयी सरस्वती देवी तुम्हारे शरीरमें प्रवेश करेंगी।' यह सुनकर मैंने मुँह खोल दिया और सरस्वती देवी उसमें प्रविष्ट हो गयीं ॥

ततो विदह्यमानोऽहं प्रविष्टोऽम्भस्तदानघ।
अविज्ञानादमर्षाच्च भास्करस्य महात्मनः ॥ ८ ॥

निष्पाप नरेश ! सरस्वतीके प्रवेश करते ही मैं तापसे जलने लगा और जलमें घुस गया। महात्मा भास्करकी महिमाको न जानने तथा अपनेमें सहनशीलता न होनेके कारण मुझे उस समय विशेष कष्ट हुआ था ॥ ८ ॥

ततो विदह्यमानं मामुवाच भगवान् रविः।
मुहूर्तं सह्यतां दाहस्ततः शीतीभविष्यति ॥ ९ ॥

तदनन्तर मुझे तापसे दग्ध होता देख भगवान् सूर्यने कहा—'तात ! तुम दो घड़ीतक इस तापको सहन करो। फिर यह स्वयं ही शीतल एवं [illegible] हो जायगा' ॥ ९ ॥

शीतीभूतं च मां दृष्ट्वा भगवानाह भास्करः।
प्रतिष्ठास्यति ते वेदः सखिलः सोत्तरो द्विज ॥ १० ॥

जब मैं पूर्ण शीतल हो गया, तब मुझे देखकर भगवान् भास्करने कहा—'विप्रवर ! खिल और उपनिषदोंसहित सम्पूर्ण वेद तुम्हारे भीतर प्रतिष्ठित होंगे ॥ १० ॥

कृत्स्नं शतपथं चैव प्रणेष्यसि द्विजर्षभ।
तस्यान्ते चापुनर्भावे बुद्धिस्तव भविष्यति ॥ ११ ॥

'द्विजश्रेष्ठ ! तुम सम्पूर्ण शतपथका भी प्रणयन (सम्पादन) करोगे। इसके बाद तुम्हारी बुद्धि मोक्षमें स्थिर होगी ॥ ११ ॥

प्राप्स्यसे च यदिष्टं तत् सांख्ययोगेप्सितं पदम्।
एतावदुक्त्वा भगवानस्तमेवाभ्यवर्तत ॥ १२ ॥

'तुम उस अभीष्ट पदको प्राप्त करोगे, जिसे सांख्यवेत्ता तथा योगी भी पाना चाहते हैं।' इतना कहकर भगवान् सूर्य वहीं अदृश्य हो गये ॥ १२ ॥

ततोऽनुव्याहृतं श्रुत्वा गते देवे विभावसौ।
गृहमागत्य संहृष्टोऽचिन्तयं वै सरस्वतीम् ॥ १३ ॥

मैंने सूर्यदेवका वह कथन सुना। फिर जब वे चले गये, तब मैंने घर आकर प्रसन्नतापूर्वक सरस्वतीका चिन्तन किया ॥

ततः प्रवृत्तातिशुभा स्वरव्यञ्जनभूषिता।
ओङ्कारमादितः कृत्वा मम देवी सरस्वती ॥ १४ ॥

मेरे स्मरण करते ही स्वर और व्यञ्जन-वर्णोंसे विभूषित अत्यन्त मङ्गलमयी सरस्वतीदेवी ॐकारको आगे करके मेरे सम्मुख प्रकट हुई ॥ १४ ॥

ततोऽहमर्घ्यं विधिवत् सरस्वत्यै न्यवेदयम्।
तपतां च वरिष्ठाय निषण्णस्तत्परायणः ॥ १५ ॥

तब मैंने सरस्वतीदेवी तथा तपनेवालोंमें श्रेष्ठ भगवान् भास्करको अर्घ्य निवेदन किया और उन्हींका चिन्तन करता हुआ बैठ गया ॥ १५ ॥

ततः शतपथं कृत्स्नं सरहस्यं ससंग्रहम्।
चक्रे सपरिशेषं च हर्षेण परमेण ह ॥ १६ ॥

उस समय बड़े हर्षके साथ मैंने रहस्य, संग्रह और परिशिष्ट-भागसहित समस्त शतपथका संकलन किया ॥ १६ ॥

कृत्वा चाध्ययनं तेषां शिष्याणां शतमुत्तमम्।
विप्रियार्थं सशिष्यस्य मातुलस्य महात्मनः ॥ १७ ॥
[illegible] सशिष्येण मया सूर्येणेव गभस्तिभिः।
व्यस्तो यज्ञो महाराज पितुस्तव महात्मनः ॥ १८ ॥

महाराज ! तदनन्तर मैंने अपने सौ उत्तम शिष्योंको शतपथका अध्ययन कराया। इसके बाद शिष्यसहित अपने महामनस्वी मामाका (जो पहले मुझे तिरस्कृत कर चुके थे) अप्रिय करनेके लिये किरणोंसे प्रकाशित होनेवाले सूर्यकी भाँति शिष्योंसे सुशोभित हो मैंने तुम्हारे पिता महात्मा राजा जनकके यज्ञका अनुष्ठान कराया ॥ १७-१८ ॥

मिषतो देवलस्यापि ततोऽर्धं हृतवानहम्।
स्ववेददक्षिणायार्थे विमर्दे मातुलेन ह ॥ १९ ॥

उस समय अपने वेदकी दक्षिणाके लिये मामाके साथ विशेष आग्रह होनेपर महर्षि देवलके सामने ही मैंने आधी दक्षिणा उन्हें दे दी और आधी स्वयं ग्रहण की ॥ १९ ॥

सुमन्तुनाथ पैलेन तथा जैमिनिना च वै।
पित्रा ते मुनिभिश्चैव ततोऽहमनुमानितः ॥ २० ॥

तदनन्तर सुमन्तु, पैल, जैमिनि, तुम्हारे पिता तथा अन्य

महर्षि याज्ञवल्क्यके स्मरणसे देवी सरस्वतीका प्राकट्य

ऋषि-मुनियोंने मेरा बड़ा आदर-सत्कार किया ॥ २० ॥

दश [illegible] च प्राप्तानि यजूंष्यर्कान्मयानघ ।
तथैव रोमहर्षेण पुराणमवधारितम् ॥ २१ ॥

निष्पाप नरेश ! इस प्रकार मैंने सूर्यदेवसे शुक्लयजुर्वेदकी पंद्रह शाखाएँ [illegible] कीं । इसी तरह रोमहर्षण सूतसे मैंने पुराणोंका अध्ययन किया ॥ २१ ॥

बीजमेतत् पुरस्कृत्य देवीं चैव सरस्वतीम् ।
सूर्यस्य चानुभावेन प्रवृत्तोऽहं नराधिप ॥ २२ ॥
कर्तुं शतपथं वेदमपूर्वं [illegible] कृतं मया ।
यथाभिलषितं मार्गं तथा तच्चोपपादितम् ॥ २३ ॥

नरेश्वर ! तदनन्तर मैंने बीजरूप प्रणव और सरस्वती देवीको सामने करके भगवान् सूर्यकी कृपासे शतपथकी रचना आरम्भ की और इस अपूर्व ग्रन्थको पूर्ण कर लिया और जो मोक्षका मार्ग मुझे अभीष्ट था, उसका भी भलीभाँति सम्पादन किया ॥ २२-२३ ॥

शिष्याणामखिलं कृत्स्नमनुज्ञातं ससंग्रहम् ।
सर्वे च शिष्याः शुचयो गताः परमहर्षिताः ॥ २४ ॥

फिर मैंने शिष्योंको वह सारा ग्रन्थ रहस्य और संग्रहसहित पढ़ाया और उन्हें घर जानेकी अनुमति दे दी । फिर वे सभी शुद्ध आचार-विचारवाले शिष्य अत्यन्त हर्षित हो अपने-अपने घरको चले गये ॥ २४ ॥

शाखाः पञ्चदशेमास्तु विद्या भास्करदेशिताः ।
प्रतिष्ठाप्य यथाकामं वेद्यं तदनुचिन्तयम् ॥ २५ ॥

इस प्रकार सूर्यदेवके द्वारा उपदेश की हुई शुक्लयजुर्वेद विद्याकी इन पंद्रह शाखाओंका ज्ञान प्राप्त करके मैंने इच्छानुसार वेद्यतत्त्वका चिन्तन किया है ॥ २५ ॥

किमत्र ब्रह्मण्यमृतं किं च वेद्यमनुत्तमम् ।
चिन्तयंस्तत्र चागत्य गन्धर्वो मामपृच्छत ॥ २६ ॥
विश्वावसुस्ततो राजन् वेदान्तज्ञानकोविदः ।

राजन् ! एक समय वेदान्तज्ञानमें कुशल विश्वावसु नामक गन्धर्व मेरे पास आया एवं इस बातका विचार करते हुए कि यहाँ ब्राह्मण-जातिके लिये हितकर क्या है ! सत्य और सर्वोत्तम ज्ञातव्य वस्तु क्या है ? मुझसे पूछने लगा ॥ २६½ ॥

चतुर्विंशांस्ततोऽपृच्छत् प्रश्नान् वेदस्य पार्थिव ॥ २७ ॥
पञ्चविंशतिमं प्रश्नं पप्रच्छान्वीक्षिकीं तदा ।
विश्वाविश्वं तथाश्वाश्वं मित्रं वरुणमेव च ॥ २८ ॥

पृथ्वीनाथ ! तत्पश्चात् उन्होंने वेदके सम्बन्धमें चौबीस प्रश्न पूछे । फिर आन्वीक्षिकी विद्याके सम्बन्धमें पचीसवाँ प्रश्न उपस्थित किया । वे चौबीस प्रश्न इस प्रकार हैं—१. विश्व क्या है ? २. अविश्व क्या है ? ३. अश्वा क्या है ? ४. अश्व क्या है ? ५. मित्र क्या है ? ६. वरुण क्या है ? ॥

ज्ञानं ज्ञेयं तथा ज्ञोऽज्ञः कस्तपा अतपास्तथा ।
सूर्यातिसूर्य इति च विद्याविद्ये तथैव च ॥ २९ ॥

७. [illegible] क्या है ? ८. ज्ञेय क्या है ? ९. ज्ञाता क्या है ? १०. अज्ञ क्या है ? ११. क कौन है ? १२. कौन तपस्वी है ? १३. और कौन अतपस्वी है ? १४. कौन सूर्य है ? १५. [illegible] कौन अतिसूर्य ? १६. और विद्या क्या है ? १७. तथा अविद्या क्या है ? ॥ २९ ॥

वेद्यावेद्यं तथा राजन्नचलं चलमेव च ।
अपूर्वमक्षयं क्षय्यमेतत् प्रश्नमनुत्तमम् ॥ ३० ॥

१८. राजन् ! वेद्य [illegible] है ? १९. अवेद्य क्या है ? २०. [illegible] है ? २१. अचल क्या है ? २२. अपूर्व क्या है ? २३. अक्षय क्या है ? २४. और विनाशशील [illegible] है ? ये ही उनके परम उत्तम प्रश्न हैं ॥ ३० ॥

अथोक्तश्च महाराज राजा गन्धर्वसत्तमः ।
पृष्टवाननुपूर्वेण प्रश्नमर्थविदुत्तमम् ॥ ३१ ॥
मुहूर्तं मृष्यतां तावद् यावदेनं विचिन्तये ।
बाढमित्येव कृत्वा च तूष्णीं गन्धर्व आस्थितः ॥ ३२ ॥

महाराज ! इन प्रश्नोंको सुनकर मैंने गन्धर्वशिरोमणि राजा विश्वावसुसे कहा—'राजन् ! आपने क्रमशः बड़े उत्तम प्रश्न उपस्थित किये हैं । आप अर्थके ज्ञाता हैं । थोड़ी देर ठहर जाइये, तबतक मैं आपके इन प्रश्नोंपर विचार कर लेता हूँ ।' तब 'बहुत अच्छा' कहकर गन्धर्वराज चुपचाप बैठे रहे ॥ ३१-३२ ॥

ततोऽनुचिन्तयमहं भूयो देवीं सरस्वतीम् ।
मनसा स च मे प्रश्नो दध्नो घृतमिवोद्धृतम् ॥ ३३ ॥

तदनन्तर मैंने पुनः सरस्वतीदेवीका मन-ही-मन चिन्तन किया । फिर तो जैसे दहीसे घी निकल आता है, उसी प्रकार उन प्रश्नोंका उत्तर निकल आया ॥ ३३ ॥

तत्रोपनिषदं चैव परिशेषं च पार्थिव ।
मथ्नामि मनसा तात दृष्ट्वा चान्वीक्षिकीं पराम् ॥ ३४ ॥

राजन् ! तात ! उस समय मैं वहाँ उपनिषद्, उसके परिशिष्ट भाग और परम उत्तम आन्वीक्षिकी विद्यापर दृष्टिपात करके मनके द्वारा उन सबका मन्थन करने लगा ॥ ३४ ॥

चतुर्थी राजशार्दूल विद्यैषा साम्परायिकी ।
उदीरिता मया तुभ्यं पञ्चविंशादधिष्ठिता ॥ ३५ ॥

नृपश्रेष्ठ ! यह आन्वीक्षिकी विद्या (त्रयी, वार्ता और दण्डनीति—इन तीन विद्याओंकी अपेक्षासे) चौथी बतायी गयी है । यह मोक्षमें सहायक है । पचीसवें तत्त्वरूप पुरुषसे अधिष्ठित उस विद्याका मैंने तुमसे प्रतिपादन किया था (वही विश्वावसुके निकट भी कही गयी) ॥ ३५ ॥

अथोक्तस्तु मया राजन् राजा विश्वावसुस्तदा ।
श्रूयतां यद् भवानस्मान् प्रश्नं सम्पृष्टवानिह ॥ ३६ ॥

राजन् ! उस समय मैंने राजा विश्वावसुसे कहा—'गन्धर्वराज ! आपने यहाँ मुझसे जो प्रश्न पूछे हैं, उनका उत्तर सुनिये ॥ ३६ ॥

विश्वाविश्वेति यदिदं गन्धर्वेन्द्रानुपृच्छसि।
विश्वाव्यक्तं परं विद्याद् भूतभव्यभयंकरम् ॥३७॥

गन्धर्वपते! आपने जो विश्वा और अविश्व इत्यादि कहकर यह प्रश्नावली उपस्थित की है, उसमें विश्वा अव्यक्त प्रकृतिका नाम है। वह संसार-बन्धनमें डालनेवाली होनेके कारण भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों कालोंमें भयंकर है—इस बातको आप अच्छी तरह समझ लें॥ ३७॥

त्रिगुणं गुणकर्तृत्वादविश्वो निष्कलस्तथा।
अश्वश्चाश्वा च मिथुनमेवमेवानुदृश्यते॥ ३८॥

इस प्रकार विश्वा नामसे प्रसिद्ध जो अव्यक्त प्रकृति है, वह त्रिगुणमयी है; क्योंकि वही त्रिगुणात्मक जगत्को उत्पन्न करनेवाली है। उससे भिन्न जो निष्कल (कलाओंसे रहित) आत्मा है, वही अविश्व कहलाता है। इसी तरह अश्व और अश्वाकी जोड़ी भी देखी जाती है (अर्थात् अश्वा अव्यक्त प्रकृति है और अश्व पुरुष)॥ ३८॥

अव्यक्तं प्रकृतिं प्राहुः पुरुषेति च निर्गुणम्।
[illegible] मित्रं पुरुषं वरुणं प्रकृतिं तथा॥ ३९॥

अव्यक्त प्रकृतिको सगुण बताया गया है और पुरुषको निर्गुण। इसी प्रकार वरुणको प्रकृति समझना चाहिये और मित्रको पुरुष॥ ३९॥

ज्ञानं तु प्रकृतिं प्राहुर्ज्ञेयं निष्कलमेव च।
[illegible] ज्ञश्च पुरुषस्तस्मान्निष्कल उच्यते॥ ४०॥

(भौतिक) ज्ञान शब्दसे प्रकृतिका प्रतिपादन किया गया है और निष्कल आत्माको ज्ञेय बताया गया है। इसी तरह अज्ञ प्रकृति है और उससे भिन्न निष्कल पुरुषको 'ज्ञाता' बताया गया है॥ ४०॥

[illegible] अतपाः प्रोक्तः कोऽसौ पुरुष उच्यते।
तपास्तु प्रकृतिं प्राहुरतपा निष्कलः स्मृतः॥ ४१॥

क, तपा और अतपाके विषयमें जो प्रश्न उपस्थित किया गया है, उसके विषयमें बताया जाता है। पुरुषको ही 'क' कहते हैं। प्रकृतिका ही नाम तपा है और निष्कल पुरुषको अतपा नाम दिया गया है॥ ४१॥

(सूर्यमव्यक्तमित्युक्तमतिसूर्यस्तु निष्कलः।
अविद्या प्रकृतिर्ज्ञेया विद्या पुरुष उच्यते॥)

अव्यक्त प्रकृतिको ही सूर्य और निष्कल पुरुषको अतिसूर्य कहा गया है। प्रकृतिको अविद्या जानना चाहिये और पुरुष विद्या कहलाता है॥

तथैवावेद्यमव्यक्तं वेद्यः पुरुष उच्यते।
चलाचलमिति प्रोक्तं [illegible] तदपि मे शृणु॥ ४२॥

इसी तरह अवेद्य नामसे अव्यक्त प्रकृतिका और वेद्य नामसे पुरुषका प्रतिपादन किया जाता है। आपने जो चल और अचलके विषयमें प्रश्न किया है, उसका भी उत्तर सुनिये॥

चलां [illegible] प्रकृतिं प्राहुः कारणं क्षयसर्गयोः।
आक्षेपसर्गयोः कर्ता निश्चलः पुरुषः स्मृतः॥ ४३॥

सृष्टि और संहारकी कारणभूता प्रकृतिको 'चल' कहा गया है और सृष्टि और प्रलयका कर्ता पुरुष ही निश्चल पुरुष माना गया है॥ ४३॥

तथैव वेद्यमव्यक्तमवेद्यः पुरुषस्तथा।
अज्ञावुभौ ध्रुवौ चैव अक्षयौ चाप्युभावपि॥ [illegible]
अजौ नित्यावुभौ प्राहुरध्यात्मगतिनिश्चयाः॥ ४५॥

उसी प्रकार अव्यक्त प्रकृति वेद्य (जाननेमें आनेवाली) है और पुरुष अवेद्य (जाननेमें न आनेवाला)। अध्यात्म तत्त्वका निश्चयात्मक ज्ञान रखनेवाले विद्वान् कहते हैं कि प्रकृति और पुरुष दोनों ही अज्ञ हैं, दोनों ही निश्चल हैं और दोनों ही अक्षय, अजन्मा तथा नित्य हैं॥ ४४-४५॥

अक्षयत्वात् प्रजनने अजमत्राहुरव्ययम्।
अक्षयं पुरुषं प्राहुः क्षयो ह्यस्य न विद्यते॥ ४६॥

ज्ञानी पुरुषोंका कथन है कि जन्म ग्रहण करनेपर भी क्षयरहित होनेके कारण यहाँ पुरुषको अजन्मा, अविनाशी और अक्षय कहा गया है; क्योंकि उसका कभी [illegible] नहीं होता है॥ ४६॥

गुणक्षयत्वात् प्रकृतिः कर्तृत्वादक्षयं बुधाः।
[illegible] तेऽऽन्वीक्षिकी विद्या चतुर्थी साम्परायिकी॥४७॥

गुणोंका [illegible] होनेके कारण प्रकृति क्षयशील मानी गयी है और [illegible] प्रेरक होनेके कारण पुरुषको विद्वानोंने अक्षय कहा है। गन्धर्वराज! यह मैंने आपको चौथी आन्वीक्षिकी विद्या, जो मोक्षमें सहायक है, बतायी है॥ ४७॥

विद्योपेतं धनं कृत्वा कर्मणा नित्यकर्मणि।
एकान्तदर्शना वेदाः सर्वे विश्वावसो स्मृताः॥ ४८॥

विश्वावसो! आन्वीक्षिकी विद्यासहित वेद-विद्यारूपी धनका उपार्जन करके प्रयत्नपूर्वक नित्यकर्ममें संलग्न रहना चाहिये। सभी वेद एकान्ततः स्वाध्याय और मनन करनेके योग्य माने गये [illegible]॥ ४८॥

जायन्ते [illegible] म्रियन्ते च यस्मिन्नेते यतश्च्युताः।
वेदार्थं ये न जानन्ति वेद्यं गन्धर्वसत्तम॥ ४९॥

गन्धर्वराज! [illegible] भूत जिसमें स्थित हैं, जिससे उत्पन्न होते और जिसमें लीन हो जाते हैं, उस वेदप्रतिपाद्य ज्ञेय परमात्माको जो नहीं जानते हैं, वे परमार्थसे भ्रष्ट होकर जन्मते और मरते रहते हैं॥ ४९॥

साङ्गोपाङ्गानपि यदि यश्च वेदानधीयते।
वेदवेद्यं [illegible] जानीते वेदभारवहो [illegible] सः॥ ५०॥

साङ्गोपाङ्ग वेद पढ़कर भी जो वेदोंके द्वारा जाननेके योग्य परमेश्वरको नहीं जानता, वह मूढ केवल वेदोंका [illegible] ढोनेवाला है॥ ५०॥

यो घृतार्थी खरीक्षीरं मथेद् गन्धर्वसत्तम।
विष्ठां तत्रानुपश्येत न मण्डं न च [illegible] घृतम्॥ ५१॥

गन्धर्वशिरोमणे ! जो घी पानेकी इच्छा रखकर गधीके दूधको मथता है, उसे वहाँ विष्ठा ही दिखायी देती है । उसे न तो वहाँ मक्खन ही मिलता है और न घी ही ॥ ५१ ॥

[illegible] वेद्यमवेद्यं [illegible] वेदविद्यो न विन्दति ।
स केवलं मूढमतिर्ज्ञानभारवहः स्मृतः ॥ ५२ ॥

इसी प्रकार जो वेदोंका अध्ययन करके भी वेद्य और अवेद्यका तत्त्व नहीं जानता, वह मूढबुद्धि मानव केवल [illegible] बोझ ढोनेवाला माना गया है ॥ ५२ ॥

द्रष्टव्यौ नित्यमेवैतौ तत्परेणान्तरात्मना ।
तथास्य जन्मनिधने न भवेतां पुनः पुनः ॥ ५३ ॥

मनुष्यको सदा ही तत्पर होकर अन्तरात्माके द्वारा इन दोनों प्रकृति और पुरुषका ज्ञान [illegible] करना चाहिये । जिससे बारंबार उसे जन्म-मृत्युके चक्करमें न पड़ना पड़े ॥ ५३ ॥

अजस्रं जन्मनिधनं चिन्तयित्वा त्रयीमिमाम् ।
परित्यज्य क्षयमिह अक्षयं धर्ममास्थितः ॥ ५४ ॥

संसारमें जन्म और मरणकी परम्परा निरन्तर चलती रहती है—ऐसा सोचकर वैदिक कर्मकाण्डमें बताये हुए सभी कर्मों और उनके फलोंको विनाशशील जानकर उनका परित्याग करके मनुष्यको यहाँ अक्षय धर्मका आश्रय लेना चाहिये ॥

यदानुपश्यतेऽत्यन्तमहन्यहनि काश्यप ।
[illegible] [illegible] केवलीभूतः षड्विंशमनुपश्यति ५५ ॥

काश्यपनन्दन ! जब साधक प्रतिदिन परमात्माके स्वरूपका विचार एवं चिन्तन करने लगता है, तब वह प्रकृतिके संसर्गसे रहित होकर छब्बीसवें तत्त्वरूप परमेश्वरको प्राप्त कर लेता है ॥ ५५ ॥

[illegible] शाश्वतोऽव्यक्तस्तथान्यः पञ्चविंशकः ।
[illegible] द्वावनुपश्येतां तमेकमिति साधवः ॥ ५६ ॥

मूढबुद्धि मानव [illegible] आत्माके सम्बन्धमें द्वैतभावसे युक्त धारणा रखते हुए कहते हैं—'सनातन अव्यक्त परमात्मा दूसरा है और पचीसवाँ तत्त्वरूप जीवात्मा दूसरा, परंतु साधु पुरुष उन दोनोंको एक मानते हैं ॥ ५६ ॥

ते नैतच्चाभिनन्दन्ति पञ्चविंशकमच्युतम् ।
जन्ममृत्युभयाद् योगाः सांख्याश्च परमैषिणः ॥ ५७ ॥

वे जन्म और मृत्युके भयसे रहित होकर परमपद पानेकी इच्छा रखनेवाले सांख्यवेत्ता और योगी जीवात्मा और परमात्माको एक दूसरेसे भिन्न नहीं मानते हैं । जीव और ईश्वरका अभेद बतानेवाला जो यह पूर्वोक्त दर्शन अथवा साधुमत है, उसका वे भी अभिनन्दन करते ही हैं ॥

विश्वावसुरुवाच

पञ्चविंशं यदेतत् ते प्रोक्तं ब्राह्मणसत्तम ।
[illegible] [illegible] [illegible] वेति तद् भवान् वक्तुमर्हति ॥ ५८ ॥

विश्वावसुने कहा—ब्राह्मणशिरोमणे ! आपने जो यह पचीसवें तत्त्वरूप जीवात्माको परमात्मासे अभिन्न [illegible] है, उसमें [illegible] संदेह उठता है कि जीवात्मा वास्तवमें परमात्मासे अभिन्न है या नहीं ? अतः [illegible] इस बातका स्पष्टरूपसे वर्णन करें ॥ ५८ ॥

जैगीषव्यस्यासितस्य देवलस्य मया श्रुतम् ।
[illegible] विप्रर्षेर्वार्षगण्यस्य धीमतः ॥ ५९ ॥
भृगोः पञ्चशिखस्यास्य कपिलस्य शुकस्य च ।
गौतमस्यार्ष्टिषेणस्य गर्गस्य च महात्मनः ॥ ६० ॥
नारदस्यासुरेश्चैव पुलस्त्यस्य [illegible] धीमतः ।
सनत्कुमारस्य [illegible] शुक्रस्य [illegible] महात्मनः ॥ ६१ ॥
कश्यपस्य पितुश्चैव पूर्वमेव मया श्रुतम् ।

मैंने मुनिवर जैगीषव्य, असित, देवल, ब्रह्मर्षि पराशर, बुद्धिमान् वार्षगण्य, भृगु, पञ्चशिख, कपिल, शुक, गौतम, आर्ष्टिषेण, महात्मा गर्ग, नारद, आसुरि, बुद्धिमान् पुलस्त्य, सनत्कुमार, महात्मा शुक्र तथा अपने पिता कश्यपजीके मुखसे भी पहले इस विषयका प्रतिपादन [illegible] था ॥ ५९—६१½ ॥

तदनन्तरं च रुद्रस्य विश्वरूपस्य धीमतः ॥ ६२ ॥
दैवतेभ्यः पितृभ्यश्च दैतेयेभ्यस्ततस्ततः ।
प्राप्तमेतन्मया कृत्स्नं वेद्यं नित्यं वदन्त्युत ॥ ६३ ॥

तदनन्तर रुद्र, बुद्धिमान् विश्वरूप, अन्यान्य देवता, पितर तथा दैत्योंसे भी जहाँ-तहाँसे यह सम्पूर्ण ज्ञान [illegible] किया । वे सब लोग ज्ञेय तत्त्वको पूर्ण और नित्य बतलाते हैं ॥ ६२-६३ ॥

तस्मात् तद् वै भवद्बुद्ध्या श्रोतुमिच्छामि ब्राह्मण ।
भवान् प्रबर्हः शास्त्राणां प्रगल्भश्चातिबुद्धिमान् ॥ ६४ ॥

ब्राह्मणदेव ! अब मैं इस विषयमें आपकी बुद्धिसे किये गये निर्णयको सुनना चाहता हूँ; क्योंकि आप विद्वानोंमें श्रेष्ठ, शास्त्रोंके प्रगल्भ पण्डित और अत्यन्त बुद्धिमान् हैं ॥

न तवाविदितं किंचिद् भवाञ्छ्रुतिनिधिः स्मृतः ।
कथ्यते देवलोके च पितृलोके च [illegible] ॥ ६५ ॥

ऐसा कोई विषय नहीं है, जिसे आप न जानते हों । वैदिक ज्ञानके तो आप भण्डार ही माने जाते हैं । ब्रह्मन् ! देवलोक और पितृलोकमें भी आपकी ख्याति है ॥ ६५ ॥

ब्रह्मलोकगताश्चैव कथयन्ति महर्षयः ।
पतिश्च तपतां शश्वदादित्यस्तव भाषिता ॥ ६६ ॥

ब्रह्मलोकमें गये हुए महर्षि भी आपकी महिमाका वर्णन करते हैं । तपनेवाले तेजस्वी ग्रहोंके पति अदितिनन्दन सनातन भगवान् सूर्यने आपको वेदका उपदेश किया है ॥

सांख्यज्ञानं त्वया ब्रह्मन्नवाप्तं कृत्स्नमेव च ।
तथैव योगशास्त्रं च याज्ञवल्क्य विशेषतः ॥ ६७ ॥

ब्रह्मन् ! याज्ञवल्क्य ! आपने सम्पूर्ण सांख्य तथा योग-[illegible] भी विशेष ज्ञान प्राप्त किया है ॥ ६७ ॥

निःसंदिग्धं प्रबुद्धस्त्वं बुध्यमानश्चराचरम् ।

श्रोतुमिच्छामि तज्ज्ञानं घृतं मण्डमयं यथा ॥ ६८ ॥

इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि आप पूर्ण ज्ञानी हैं और सम्पूर्ण चराचर जगत्को जानते हैं; अतः मैं माखन-मय घीके समान स्वादिष्ट एवं सारभूत वह तत्त्वज्ञान आपके मुखसे सुनना चाहता हूँ ॥ ६८ ॥

याज्ञवल्क्य उवाच

कृत्स्नधारिणमेव त्वां मन्ये गन्धर्वसत्तम।
जिज्ञाससे च मां राजंस्तन्निबोध यथाश्रुतम् ॥ ६९ ॥

याज्ञवल्क्यजीने कहा—अर्थात् मैंने उत्तर दिया—गन्धर्वशिरोमणे ! आपको मैं निःसंदेह सम्पूर्ण ज्ञानोंको धारण करनेवाली मेधाशक्तिसे सम्पन्न मानता हूँ। राजन् ! आप सब कुछ जानते हुए भी मुझसे प्रश्न करते और मेरे विचार-को जानना चाहते हैं; इसलिये मैंने जैसा सुना है, वह बताता हूँ सुनिये ॥ ६९ ॥

अबुध्यमानां प्रकृतिं बुध्यते पञ्चविंशकः।
न तु बुध्यति गन्धर्व प्रकृतिः पञ्चविंशकम् ॥ ७० ॥

गन्धर्व ! प्रकृति जड है, इसलिये उसे पचीसवाँ तत्त्व—जीवात्मा तो जानता है; किंतु प्रकृति जीवात्माको नहीं जानती ॥ ७० ॥

अनेन प्रतिबोधेन प्रधानं प्रवदन्ति तत्।
सांख्ययोगाश्च [illegible] यथाश्रुतिनिदर्शनात् ॥ ७१ ॥

सांख्य और योगके तत्त्वज्ञानी विद्वान् श्रुतिमें किये हुए निरूपणके अनुसार जलमें प्रतिबिम्बित होनेवाले चन्द्रमाके समान प्रकृतिमें ज्ञानस्वरूप जीवात्माके बोधका प्रतिबिम्ब पड़नेसे उस प्रकृतिको प्रधान कहते हैं ॥ ७१ ॥

पश्यंस्तथैव चापश्यन् पश्यत्यन्यः सदानघ।
षड्विंशं पञ्चविंशं च चतुर्विंशं च पश्यति ॥ ७२ ॥

निष्पाप गन्धर्व ! जीवात्मा जाग्रत् आदि अवस्थाओंमें सब कुछ देखता है। सुषुप्ति और समाधि अवस्थामें कुछ भी नहीं देखता है तथा परमात्मा सदा ही छब्बीसवें [illegible] अपने-आपको, पचीसवें तत्त्वरूप जीवात्माको और चौबीसवें तत्त्वरूप प्रकृतिको भी देखता रहता है ॥ ७२ ॥

न तु पश्यति पश्यंस्तु यश्चैनमनुपश्यति।
पञ्चविंशोऽभिमन्येत नान्योऽस्ति परतो [illegible] ॥ ७३ ॥

किंतु यदि जीवात्मा यह अभिमान करता है कि मुझसे बढ़कर दूसरा कोई नहीं है तो जो परमात्मा उसे निरन्तर देखता है, उसे वह समझता हुआ भी नहीं समझता ॥७३॥

न चतुर्विंशको ग्राह्यो मनुजैर्ज्ञानदर्शिभिः।
मत्स्यश्चोदकमन्वेति प्रवर्तेत प्रवर्तनात् ॥ ७४ ॥

तत्त्वज्ञानी मनुष्योंको चाहिये कि वे प्रकृतिको आत्मभावसे ग्रहण न करें। जैसे मत्स्य जलका अनुसरण करता है, परंतु अपनेको उससे भिन्न ही मानता है, उसी प्रकार मनुष्य उसकी प्रवृत्तिके अनुसार स्वयं भी प्रवृत्त होवे; परंतु प्रकृति-को अपना स्वरूप न माने ॥ ७४ ॥

यथैव बुध्यते मत्स्यस्तथैषोऽप्यनुबुध्यते।
स स्नेहात् सहवासाच्च साभिमानाच्च नित्यशः ॥ ७५ ॥
स निमज्जति कालस्य यदैकत्वं न बुध्यते।
उन्मज्जति हि कालस्य समत्वेनाभिसंवृतः ॥ ७६ ॥

जैसे मछली जलमें रहती हुई भी उस जलको अपनेसे भिन्न समझती है, उसी प्रकार यह जीवात्मा प्राकृत शरीरमें रहकर भी प्रकृतिसे अपनेको भिन्न समझता है तथापि वह शरीरके प्रति स्नेह, सहवास और अभिमानके कारण जब परमात्माके साथ अपनी एकताका अनुभव नहीं करता है, तब कालके समुद्रमें डूब जाता है। परंतु जब वह समत्व-बुद्धिसे युक्त हो अपनी और परमात्माकी एकताको समझ लेता है, तब उस कालसमुद्रसे उसका उद्धार हो जाता है ॥

यदा तु मन्यतेऽन्योऽहमन्य एष इति द्विजः।
तदा स केवलीभूतः षड्विंशमनुपश्यति ॥ ७७ ॥

जब द्विज इस बातको समझ लेता है कि मैं अन्य हूँ और यह प्राकृत शरीर अथवा अनात्म-जगत् मुझसे सर्वथा भिन्न है, तब वह प्रकृतिके संसर्गसे रहित हो छब्बीसवें तत्त्व परमात्माका साक्षात्कार कर लेता है ॥ ७७ ॥

[illegible] राजन्नवरस्तथान्यः पञ्चविंशकः।
तत्स्थानाच्चानुपश्यन्ति एक एवेति साधवः ॥ ७८ ॥

राजन् ! परमात्मा भिन्न है और जीवात्मा भिन्न; क्योंकि परमात्मा जीवात्माका आश्रय है; परंतु ज्ञानी संत महात्मा उन दोनोंको एक ही देखते और समझते हैं ॥ ७८ ॥

ते नैतन्नाभिनन्दन्ति पञ्चविंशकमच्युतम्।
जन्ममृत्युभयाद् भीता योगाः सांख्याश्च काश्यप ॥ ७९ ॥

कश्यपनन्दन ! जन्म और मृत्युके भयसे डरे हुए योग और सांख्यके साधक भगवत्परायण हो शुद्ध भावसे छब्बीसवें तत्त्व परमात्माका दर्शन करते हुए जीवात्मा और परमात्माको एक समझते हैं और इस अभेद-दर्शनका सदा अभिनन्दन ही करते हैं ॥ ७९ ॥

षड्विंशमनुपश्यन्तः शुचयस्तत्परायणाः।
यदा स केवलीभूतः षड्विंशमनुपश्यति।
तदा [illegible] सर्वविद् विद्वान् न पुनर्जन्म विन्दति ॥ ८० ॥

[illegible] जीवात्मा प्रकृतिके संसर्गसे रहित हो परमात्माका साक्षात्कार कर लेता है, तब वह सर्वज्ञ विद्वान् होकर इस संसारमें पुनर्जन्म नहीं पाता है ॥ ८० ॥

एवमप्रतिबुद्धश्च बुध्यमानश्च तेऽनघ।
बुद्धश्चोक्तो यथातत्त्वं मया श्रुतिनिदर्शनात् ॥ ८१ ॥

निष्पाप गन्धर्वराज ! इस प्रकार मैंने तुमसे जड प्रकृति, चेतन जीवात्मा और बोधस्वरूप परमात्माका श्रुतिके अनुसार यथावत्रूपसे निरूपण किया है ॥ ८१ ॥

पश्यापश्यं यो न पश्येत् क्षेम्यं तत्त्वं च काश्यप।
केवलाकेवलं [illegible] [illegible]विंशं परं च यत् ॥ ८२ ॥

कश्यपनन्दन ! जो मनुष्य जीवात्माको और प्रकृति आदि जडवर्गको पृथक्-पृथक् नहीं जानता, मङ्गलकारी [illegible] दृष्टि नहीं रखता, केवल (प्रकृति-संसर्गसे रहित), अकेवल (प्रकृति-संसर्गसे युक्त), सबके आदिकारण जीवात्मा तथा [illegible] परमात्माको भी यथार्थरूपसे नहीं [illegible] (वह आवागमनके चक्करमे पड़ा रहता है) ॥ ८२ ॥

विश्वावसुरुवाच

तथ्यं शुभं चैतदुक्तं त्वया विभो
सम्यक् क्षेम्यं दैवताद्यं यथावत् ।
स्वस्त्यक्षयं भवतश्चास्तु नित्यं
बुद्ध्या सदा बुद्धियुक्तं मनस्ते ॥ ८३ ॥

विश्वावसुने कहा—प्रभो ! आपने सब देवताओंके आदिकारण ब्रह्मके विषयमे जो यथावत् वर्णन किया है, [illegible] सत्य, शुभ, सुन्दर तथा परम मङ्गलकारी है । [illegible] [illegible] सदा ही इसी प्रकार ज्ञानमें स्थित रहे तथा आपको नित्य [illegible] कल्याणकी प्राप्ति हो (अच्छा, अब [illegible] जाता हूँ)॥

याज्ञवल्क्य उवाच

एवमुक्त्वा सम्प्रयातो दिवं [illegible]
विभ्राजन् वै श्रीमता दर्शनेन ।
हृष्टश्च तुष्ट्या परयाभिनन्द्य
प्रदक्षिणं मम [illegible] ॥ ८४ ॥

याज्ञवल्क्यजी कहते हैं राजन् ! ऐसा कहकर महामना गन्धर्वराज विश्वावसु अपने कान्तिमान् दर्शनसे प्रकाशित होते हुए मेरी परिक्रमा और अभिनन्दन करके स्वर्गलोकको चले गये । उस समय मैने भी बड़े संतोषसे उनकी ओर देखा था ॥ ८४ ॥

ब्रह्मादीनां खेचराणां क्षितौ [illegible]
ये चाधस्तात् संवसन्ते नरेन्द्र ।
तत्रैव तद्दर्शनं दर्शयन् वै
सम्यक् क्षेम्यं ये पथं संश्रिता वै ॥ ८५ ॥

राजा जनक ! आकाशमें विचरनेवाले जो ब्रह्मा आदि देवता हैं, पृथ्वीपर निवास करनेवाले जो मनुष्य हैं तथा जो पृथ्वीसे नीचेके लोकोंमें रहते हैं, उनमेंसे जो लोग कल्याणमय मोक्षमार्गका आश्रय लिये हुए थे, उन सबको उन्हीं स्थानोंमें जाकर विश्वावसुने मेरे बताये हुए इस सम्यक्-दर्शनका उपदेश दिया था ॥ ८५ ॥

सांख्याः सर्वे सांख्यधर्मे रताश्च
तद्वद् योगा योगधर्मे रताश्च ।
ये चाप्यन्ये मोक्षकामा मनुष्या-
स्तेषामेतद् दर्शनं ज्ञानदृष्टम् ॥ ८६ ॥

सांख्यधर्ममें तत्पर रहनेवाले सम्पूर्ण सांख्यवेत्ता, योग-धर्मपरायण योगी तथा दूसरे जो मोक्षकी अभिलाषा रखनेवाले मनुष्य हैं, उन सबको यह उपदेश [illegible] [illegible] देनेवाला है ॥ ८६ ॥

ज्ञानान्मोक्षो जायते राजसिंह
नास्त्यज्ञानादेवमाहुर्नरेन्द्र ।
तस्माज्ज्ञानं तत्त्वतोऽन्वेषितव्यं
येनात्मानं मोक्षयेज्जन्ममृत्योः ॥ ८७ ॥

राजाओंमें सिंहके समान पराक्रमी नरेन्द्र ! ज्ञानसे ही मोक्ष होता है, अज्ञानसे नहीं—ऐसा विद्वान् पुरुष कहते हैं । इसलिये यथार्थ ज्ञानका अनुसंधान करना चाहिये, जिससे अपने-आपको जन्म-मृत्युके बन्धनसे छुड़ाया जा सके ॥

प्राप्य ज्ञानं ब्राह्मणात् क्षत्रियाद् वा
वैश्याच्छूद्रादपि नीचादभीक्ष्णम् ।
श्रद्धातव्यं श्रद्दधानेन नित्यं
न श्रद्धिनं जन्ममृत्यू विशेताम् ॥ ८८ ॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र अथवा नीच वर्णमें उत्पन्न हुए पुरुषसे भी यदि ज्ञान मिलता हो तो उसे प्राप्त करके श्रद्धालु मनुष्यको सदा उसपर श्रद्धा रखनी चाहिये । जिसके भीतर श्रद्धा है, उस मनुष्यमें जन्म-मृत्युका प्रवेश नहीं हो सकता ॥ ८८ ॥

सर्वे वर्णा ब्राह्मणा [illegible]
सर्वे नित्यं व्याहरन्ते च ब्रह्म ।
तत्त्वं शास्त्रं ब्रह्मबुद्ध्या ब्रवीमि
सर्वं विश्वं ब्रह्म चैतत् समस्तम् ॥ ८९ ॥

ब्रह्मसे उत्पन्न होनेके कारण सभी वर्ण ब्राह्मण हैं । सभी सदा ब्रह्मका उच्चारण करते हैं । [illegible] ब्रह्मबुद्धिसे यथार्थ शास्त्रका सिद्धान्त बता रहा [illegible] । यह सम्पूर्ण जगत्, यह सारा दृश्यप्रपञ्च ब्रह्म ही है ॥ ८९ ॥

ब्रह्मास्यतो ब्राह्मणाः सम्प्रसूता
बाहुभ्यां [illegible] क्षत्रियाः सम्प्रसूताः ।
नाभ्यां वैश्याः पादतश्चापि शूद्राः
सर्वे वर्णा नान्यथा वेदितव्याः ॥ ९० ॥

ब्रह्मके मुखसे ब्राह्मण उत्पन्न हुए हैं, ब्रह्मकी ही भुजाओंसे क्षत्रियोंकी उत्पत्ति हुई है, ब्रह्मकी ही नाभिसे वैश्य और पैरोंसे शूद्र प्रकट हुए हैं, अतः सभी वर्णके लोग ब्रह्मरूप ही हैं । किसी भी वर्णको ब्रह्मसे भिन्न नहीं समझना चाहिये ॥ ९० ॥

अज्ञानतः कर्मयोनिं भजन्ते
तां तां राजंस्ते तथा यान्त्यभावम् ।
तथा वर्णा ज्ञानहीनाः पतन्ते
घोरादज्ञानात् प्राकृतं योनिजालम् ॥ ९१ ॥

राजन् ! मनुष्य अज्ञानके कारण ही कर्मानुष्ठानसे भिन्न-भिन्न योनियोंमें जन्म लेते और मरते हैं । ज्ञानहीन मनुष्य ही [illegible]ने भयंकर [illegible]नके कारण नाना प्रकारकी प्राकृत योनियोंमें गिरते हैं ॥ ९१ ॥

तस्माज्ज्ञानं सर्वतो मार्गितव्यं
सर्वत्रस्थं चैतदुक्तं मया ते।
तस्थो ब्रह्मा तस्थिवांश्चापरो य-
स्तस्मै नित्यं मोक्षमाहुर्नरेन्द्र ॥ ९२ ॥

नरेन्द्र ! अतः सब ओरसे ज्ञान प्राप्त करनेका ही प्रयत्न करना चाहिये। यह तो मैं तुमसे बता ही चुका हूँ कि सभी वर्णोंके लोग अपने-अपने आश्रममें रहते हुए ही ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं; अतः जो ब्राह्मण ज्ञानमें स्थित है अथवा जो दूसरे वर्णका मनुष्य भी ज्ञाननिष्ठ है, उसके लिये नित्य मोक्षकी प्राप्ति बतायी गयी है ॥ ९२ ॥

यत् ते पृष्टं तन्मया चोपदिष्टं
याथातथ्यं तद्विशोको भवस्व।
राजन् गच्छस्वैतदर्थस्य पारं
सम्यक् प्रोक्तं स्वस्ति ते त्वस्तु नित्यम् ॥

राजन्! तुमने जो पूछा था उसके उत्तरमें मैंने तुम्हें यथार्थ ज्ञानका उपदेश किया है; अतः अब तुम शोकरहित हो जाओ और इस तत्त्वज्ञानमें पारङ्गत बनो। मैंने तुम्हें ज्ञानका भलीभाँति उपदेश कर दिया है। जाओ, तुम्हारा सदा कल्याण हो ॥ ९३ ॥

भीष्म उवाच

स एवमनुशास्तस्तु याज्ञवल्क्येन धीमता।
प्रीतिमानभवद् राजा मिथिलाधिपतिस्तदा ॥ ९४ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! बुद्धिमान् याज्ञवल्क्यजीके इस प्रकार उपदेश देनेपर मिथिलापति राजा जनक उस समय बहुत प्रसन्न हुए ॥ ९४ ॥

गते मुनिवरे तस्मिन् कृते चापि प्रदक्षिणम्।
दैवरातिर्नरपतिरासीनस्तत्र मोक्षवित् ॥ ९५ ॥
गोकोटिं स्पर्शयामास हिरण्यं च तथैव च।
रत्नाञ्जलिमथैकं च ब्राह्मणेभ्यो ददौ तदा ॥ ९६ ॥

उन्होंने सत्कारपूर्वक मुनिकी प्रदक्षिणा करके उन्हें विदा किया। जब वे मुनिवर याज्ञवल्क्य चले गये, तब मोक्षके ज्ञाता देवरातनन्दन राजा जनकने वहीं बैठे-बैठे एक करोड़ गौएँ छूकर ब्राह्मणोंको दान कर दीं और प्रत्येक ब्राह्मणको एक-एक अञ्जलि रत्न और सुवर्ण प्रदान किये ॥ ९५-९६ ॥

विदेहराज्यं च तदा प्रतिष्ठाप्य सुतस्य वै।
यतिधर्ममुपासंश्चाप्यवसन्मिथिलाधिपः ॥ ९७ ॥

इसके बाद मिथिलानरेशने विदेहदेशका राज्य अपने पुत्रको सौंप दिया और स्वयं वे यति-धर्मका पालन करते हुए वहाँ रहने लगे ॥ ९७ ॥

सांख्यज्ञानमधीयानो योगशास्त्रं च कृत्स्नशः।
धर्माधर्मं च राजेन्द्र प्राकृतं परिगर्हयन् ॥ ९८ ॥
अनन्त इति कृत्वा स नित्यं केवलमेव च।
धर्माधर्मौ पुण्यपापे सत्यासत्ये तथैव च ॥ ९९ ॥
जन्ममृत्यू च राजेन्द्र प्राकृतं तदचिन्तयत्।
व्यक्ताव्यक्तस्य कर्मेदमिति नित्यं नराधिप ॥ १०० ॥

राजेन्द्र! नरेश्वर! उन्होंने सम्पूर्ण सांख्य, ज्ञान और योगशास्त्रका स्वाध्याय करके प्राकृत धर्म और अधर्मको त्याज्य मानते हुए यह निश्चय किया कि 'मैं अनन्त हूँ।' ऐसा निश्चय करके वे धर्म-अधर्म, पुण्य पाप, सत्य असत्य तथा जन्म और मृत्युको व्यक्त (बुद्धि आदि) और अव्यक्त (प्रकृति) का कार्य मानकर सबको प्राकृत (प्रकृतिजन्य एवं मिथ्या) समझते हुए प्रकृतिसंसर्गसे रहित अपने शुद्ध एवं नित्य स्वरूपका ही चिन्तन करने लगे ॥ ९८-१०० ॥

पश्यन्ति योगाः सांख्याश्च स्वशास्त्रकृतलक्षणाः।
इष्टानिष्टविमुक्तं हि तस्थौ ब्रह्म परात्परम् ॥ १०१ ॥

युधिष्ठिर! सांख्य और योगके विद्वान् अपने अपने शास्त्रोंमें वर्णित लक्षणोंके अनुसार ऐसा देखते और समझते हैं कि वह ब्रह्म इष्ट और अनिष्टसे मुक्त, अचल-भावसे स्थित एवं परात्पर है ॥ १०१ ॥

नित्यं तदाहुर्विद्वांसः शुचि तस्माच्छुचिर्भव।
दीयते यच्च लभते दत्तं यच्चानुमन्यते ॥ १०२ ॥
ददाति च नरश्रेष्ठ प्रतिगृह्णाति [illegible] ह।
ददात्यव्यक्त इत्येतत् प्रतिगृह्णाति तच्च वै ॥ १०३ ॥

विद्वान् पुरुष उस ब्रह्मको नित्य एवं पवित्र बताते हैं; अतः तुम भी उसे जानकर पवित्र हो जाओ। नरश्रेष्ठ! जो कुछ दिया जाता है, जो दी हुई वस्तु किसीको प्राप्त होती है, जो दानका अनुमोदन करता है, जो देता है तथा जो [illegible] दानको ग्रहण करता है, वह सब अव्यक्त परमात्मा ही है। परमात्मा ही यह सब कुछ देता और लेता है।

[illegible] ह्येवात्मनो ह्येकः कोऽन्यस्तस्मात्परो भवेत्।
एवं मन्यस्व सततमन्यथा मा विचिन्तय ॥ १०४ ॥

युधिष्ठिर! एकमात्र परमात्मा ही अपना है। उससे बढ़कर आत्मीय दूसरा कौन हो सकता है। तुम सदा ऐसा ही मानो और इसके विपरीत दूसरी किसी बातका चिन्तन न करो ॥ १०४ ॥

यस्याव्यक्तं न विदितं सगुणं निर्गुणं पुनः।
तेन तीर्थानि यज्ञाश्च सेवितव्या विपश्चिता ॥ १०५ ॥

जिसे अव्यक्त प्रकृतिका ज्ञान न हुआ हो, सगुण निर्गुण परमात्माकी पहचान न हुई हो, उस विद्वान्को तीर्थोंका सेवन और यज्ञोंका अनुष्ठान करना चाहिये ॥ १०५ ॥

न स्वाध्यायैस्तपोभिर्वा यज्ञैर्वा कुरुनन्दन।
लभतेऽव्यक्तिकं स्थानं ज्ञात्वा व्यक्तं महीयते ॥ १०६ ॥

कुरुनन्दन! स्वाध्याय, तप अथवा यज्ञोंद्वारा मनुष्य परमात्मपदकी प्राप्ति नहीं होती (ये तो उनके तत्त्व जाननेमें सहायक होते हैं)। इनके द्वारा परमात्माका स्व

(अपरोक्ष) [illegible] करके [illegible] मनुष्य महिमान्वित होता है॥

तथैव महतः स्थानमाहङ्कारिकमे[illegible] च।
अहङ्कारात् परं चापि स्थानानि समवाप्नुयात् ॥१०७॥

महत्तत्त्वकी उपासना करनेवाले महत्तत्त्वको और अहंकार-के उपासक अहंकारको प्राप्त होते हैं; परंतु महत्तत्त्व और अहंकारसे भी श्रेष्ठ जो स्थान हैं, उन्हें प्राप्त करना चाहिये॥१०७॥

ये त्वव्यक्तात् परं नित्यं जानते शास्त्रतत्पराः।
जन्ममृत्युविमुक्तं च विमुक्तं सदसच्च यत् ॥१०८॥

जो शास्त्रोंके स्वाध्यायमें तत्पर होते हैं, वे ही प्रकृतिसे पर, नित्य, जन्म-मृत्युसे रहित, मुक्त एवं सदसत्स्वरूप परमात्माका ज्ञान [illegible] करते हैं ॥ १०८ ॥

एतन्मयाऽऽप्तं जनकात् पुरस्तात्
तेनापि चाप्तं नृप याज्ञवल्क्यात्।
ज्ञानं विशिष्टं न तथा हि [illegible]
ज्ञानेन दुर्गं तरते न यज्ञैः ॥१०९॥

युधिष्ठिर! यह ज्ञान मुझे पूर्वकालमें राजा जनकसे मिला [illegible] और जनकको याज्ञवल्क्यजीसे [illegible] हुआ था। [illegible] सबसे उत्तम साधन है। यज्ञ इसकी समानता नहीं कर सकते। ज्ञानसे ही मनुष्य [illegible] दुर्गम संसार सागरसे पार हो [illegible] है; यज्ञोंद्वारा नहीं॥ १०९ ॥

दुर्गं जन्म निधनं चापि राजन्
न भौतिकं ज्ञानविदो वदन्ति।
यज्ञैस्तपोभिर्नियमैर्व्रतैश्च
दिवं समासाद्य पतन्ति भूमौ ॥११०॥

राजन्! ज्ञानी पुरुष कहते हैं कि भौतिक जन्म और मृत्युको पार करना अत्यन्त कठिन है। यज्ञ आदिके द्वारा भी मनुष्य [illegible] दुर्गम संकटसे पार नहीं हो सकता। यज्ञ, [illegible] नियम और व्रतोंद्वारा तो लोग स्वर्गलोकमें जाते और पुण्य क्षीण होनेपर फिर इस पृथ्वीपर गिर पड़ते हैं ॥ ११० ॥

तस्मादुपास्स्व परं महच्छुचि
शिवं विमोक्षं विमलं पवित्रम्।
क्षेत्रं ज्ञात्वा पार्थिव ज्ञानयज्ञ-
मुपास्य वै तत्त्वमृषिर्भविष्यसि ॥१११॥

इसलिये तुम प्रकृतिसे पर, महत्, पवित्र, कल्याणमय, निर्मल, शुद्ध तथा मोक्षस्वरूप ब्रह्मकी उपासना करो। पृथ्वी-नाथ! क्षेत्रको जानकर और ज्ञानयज्ञका आश्रय लेकर तुम निश्चय ही तत्त्वज्ञानी ऋषि बन जाओगे ॥ १११ ॥

यदुपनिषदमुपाकरोत् तथासौ
जनकनृपस्य पुरा हि याज्ञवल्क्यः।
यदुपगणितशाश्वताव्ययं त-
च्छुभममृतत्वमशोकमर्च्छति ॥११२॥

पूर्वकालमें [illegible] मुनिने राजा जनकको जिस उप-निषद् ([illegible]) [illegible] उपदेश दिया था, उसका मनन करनेसे मनुष्य पूर्वकथित सनातन अविनाशी, शुभ, अमृतमय तथा शोकरहित [illegible] परमात्माको प्राप्त हो जाता है ॥ ११२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि याज्ञवल्क्यजनकसंवादसमाप्तौ अष्टादशाधिकत्रिशततमोऽध्यायः॥ ३१८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें याज्ञवल्क्य-जनक-संवादकी समाप्तिविषयक तीन [illegible] अठारहवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३१८ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका [illegible] श्लोक मिलाकर कुल ११३ श्लोक हैं)

एकोनविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

जरा-मृत्युका उल्लङ्घन करनेके विषयमें पञ्चशिख और [illegible] जनकका संवाद

युधिष्ठिर उवाच

ऐश्वर्यं [illegible] महत् प्राप्य धनं वा भरतर्षभ।
दीर्घमायुरवाप्याथ कथं मृत्युमतिक्रमेत् ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—भरतश्रेष्ठ! महान् ऐश्वर्य या प्रचुर धन [illegible] बहुत बड़ी आयु पाकर मनुष्य किस तरह मृत्युका उल्लङ्घन कर सकता है ?॥ १ ॥

[illegible] वा [illegible] कर्मणा वा श्रुतेन वा।
रसायनप्रयोगैर्वा कैर्नाप्नोति जरान्तकौ ॥ २ ॥

[illegible] गुरुतर तपस्या करके, महान् कर्मोंका अनुष्ठान करके, वेद-शास्त्रोंका अध्ययन करके अथवा नाना प्रकारके रसायनों-का प्रयोग करके किन उपायोंद्वारा जरा और मृत्युको प्राप्त नहीं होता है ?॥ २ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
भिक्षोः पञ्चशिखस्येह संवादं जनकस्य च ॥ ३ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर! इस विषयमें विद्वान् पुरुष संन्यासी पञ्चशिख तथा राजा जनकके संवादरूप इस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं ॥ ३ ॥

वैदेहो जनको राजा महर्षिं वेदवित्तमम्।
पर्यपृच्छत् पञ्चशिखं छिन्नधर्मार्थसंशयम् ॥ ४ ॥

एक समयकी बात है, विदेहदेशके राजा जनकने वेद-वेत्ताओंमें श्रेष्ठ महर्षि पञ्चशिखसे, जिनके धर्म और अर्थ-विषयक संदेह नष्ट हो गये थे, इस प्रकार प्रश्न किया—॥ ४ ॥

केन वृत्तेन भगवन्नतिक्रामेज्जरान्तकौ।
तपसा [illegible] बुद्ध्या वा कर्मणा वा श्रुतेन वा ॥ ५ ॥

'भगवन्! किस आचार, तपस्या, बुद्धि, कर्म अथवा शास्त्रज्ञानके द्वारा मनुष्य जरा और मृत्युको लाँघ सकता है?' ॥

एवमुक्तः स वैदेहं प्रत्युवाचापरोक्षवित्।
निवृत्तिर्न तयोरस्ति नानिवृत्तिः कथञ्चन ॥ ६ ॥

उनके इस प्रकार पूछनेपर अपरोक्षज्ञानसे सम्पन्न महर्षि पञ्चशिखने विदेहराजको इस प्रकार उत्तर दिया—'जरा और मृत्युकी निवृत्ति नहीं होती है, परंतु ऐसा भी नहीं है कि किसी प्रकार उनकी निवृत्ति हो ही नहीं सकती (धन और ऐश्वर्य आदिसे उनकी निवृत्ति नहीं होती, परंतु ज्ञानसे तो पुनर्जन्मकी भी निवृत्ति हो जाती है; फिर जरा और मृत्युकी तो बात ही क्या ?) ॥ ६ ॥

न ह्यहानि निवर्तन्ते न मासा न पुनः क्षपाः।
सोऽयं प्रपद्यतेऽध्वानं चिराय ध्रुवमध्रुवः ॥ ७ ॥

दिन, रात और महीनोंके जो चक्र चल रहे हैं, वे किसीके टाले नहीं टलते हैं। इसी प्रकार जन्म, मृत्यु और जरा आदिके क्रम प्रायः चलते ही रहते हैं। जिसके जीवनका कुछ ठिकाना नहीं, वह मरणधर्मा मानव कभी दीर्घकालके पश्चात् नित्य-पथ (मोक्षमार्ग) का आश्रय लेता है ॥ ७ ॥

सर्वभूतसमुच्छेदः स्रोतसेवोह्यते सदा।
ऊह्यमानं निमज्जन्तमप्लवे कालसागरे ॥ ८ ॥
जरामृत्युमहाग्राहे न कश्चिदभिपद्यते।

काल समस्त प्राणियोका उच्छेद कर डालता है। जैसे जलका प्रवाह किसी वस्तुको बहाये लिये जाता है, उसी प्रकार काल सदा ही प्राणियोको अपने वेगसे बहाया करता है। यह काल बिना नौकाके समुद्रकी भाँति लहरा रहा है। जरा और मृत्यु विशाल ग्राहका रूप धारण करके उसमे बैठे हुए हैं। उस काल-सागरमे बहते और डूबते हुए जीवको कोई भी बचा नहीं सकता ॥ ८½ ॥

नैवास्य कश्चिद् भवति नासौ भवति कस्यचित् ॥ ९ ॥
पथि सङ्गतमेवेदं दारैरन्यैश्च बन्धुभिः।
नायमत्यन्तसंवासो लब्धपूर्वो हि केनचित् ॥ १० ॥

यहाँ इस जीवका कोई भी अपना नहीं है और वह भी किसीका अपना नहीं है। रास्तेमे मिले हुए राहगीरोंके समान यहाँ पत्नी तथा अन्य बन्धु-बान्धवोंका साथ हो जाता है, परंतु यहाँ पहले कभी किसीने किसीके साथ चिरकालतक सहवास-का सुख नहीं उठाया है ॥ ९-१० ॥

क्षिप्यन्ते तेन तेनैव निघ्नन्तः पुनः पुनः।
कालेन जाता याता हि वायुनेवाभ्रसंचयाः ॥ ११ ॥

जैसे गर्जते हुए बादलोंको हवा बारंबार उड़ाकर छिन्न-भिन्न कर देती है, उसी प्रकार काल यहाँ जन्म लेनेवाले प्राणियोंको उनके रोने-चिल्लानेपर भी विनाशकी आगमे झोंक देता है ॥ ११ ॥

जरामृत्यू हि भूतानां खादितारौ वृकाविव।
बलिनां दुर्बलानां च ह्रस्वानां महतामपि ॥ १२ ॥

कोई बलवान् हो या दुर्बल, बड़ा हो या छोटा, उन सब प्राणियोको बुढ़ापा और मौत व्याघ्रकी भाँति खा जाती है ॥ १२ ॥

एवंभूतेषु भूतात्मा नित्यभूतोऽध्रुवेषु च।
कथं हि हृष्येज्जातेषु मृतेषु च कथं ज्वरेत् ॥ १३ ॥

इस प्रकार जब सभी प्राणी विनाशशील ही हैं, तब नित्य-स्वरूप जीवात्मा उन प्राणियोंके लिये जन्म लेनेपर हर्ष किस लिये माने और मर जानेपर शोक क्यों करे ? ॥ १३ ॥

कुतोऽहमागतः कोऽस्मि क्व गमिष्यामि कस्य वा।
कस्मिन् स्थितः क्व भविता कस्मात्किमनुशोचसि ॥ १४ ॥

मैं कौन हूँ ? कहाँसे आया हूँ ? कहाँ जाऊँगा ? किसके साथ मेरा क्या सम्बन्ध है ? किस स्थानमें स्थित होकर कहाँ फिर जन्म लूँगा ? इन सब बातोंको लेकर तुम किस लिये क्या शोक कर रहे हो ? ॥ १४ ॥

द्रष्टा स्वर्गस्य कोऽन्योऽस्ति तथैव नरकस्य च।
आगमांस्त्वनतिक्रम्य दद्याच्चैव यजेत च ॥ १५ ॥

जो शुभ और अशुभ कर्म करता है, उसके सिवा दूसरा कौन ऐसा है जो उन कर्मोंके फलस्वरूप स्वर्ग और नरकका दर्शन एवं उपभोग करेगा; अतः शास्त्रकी आज्ञाका उल्लङ्घन न करते हुए सब लोगोंको दान और यज्ञ आदि सत्कर्म करते रहने चाहिये ॥ १५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पञ्चशिखजनकसंवादे एकोनविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३१९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पञ्चशिख और जनकका संवादविषयक तीन सौ उन्नीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३१९ ॥

विंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

राजा जनककी परीक्षा करनेके लिये आयी हुई सुलभाका उनके शरीरमें प्रवेश करना, राजा जनकका उसपर दोषारोपण करना एवं सुलभाका युक्तियोंद्वारा निराकरण करते हुए राजा जनकको अज्ञानी बताना

युधिष्ठिर उवाच

अपरित्यज्य गार्हस्थ्यं कुरुराजर्षिसत्तम।
कः प्राप्तो विनयं बुद्ध्या मोक्षतत्त्वं वदस्व मे ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—कुरुकुलराजर्षिशिरोमणे ! जहाँ बुद्धिका लय हो जाता है, उस मोक्षतत्त्वको गृहस्थाश्रमका त्याग बिना किये कौन पुरुष प्राप्त हुआ है, यह मुझे बताइये ॥ १ ॥

संन्यस्यते यथाऽऽत्मायं व्यक्तस्यात्मा यथा च यत्।
परं मोक्षस्य यच्चापि तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ २ ॥

पितामह ! मनुष्यशरीर जिस प्रकार स्थूल शरीरका त्याग करता है और जिस प्रकार स्थूल शरीरका आत्मा सूक्ष्म शरीरका त्याग करता है अर्थात् स्थूल और सूक्ष्म—इन दोनों शरीरोंके अभिमानसे जिस प्रकार रहित हो सकता है एवं उनके त्यागका जो स्वरूप है और जो मोक्षका है, मुझे बताइये ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
जनकस्य च संवादं सुलभायाश्च भारत ॥ ३ ॥

भीष्मजीने कहा—भरतनन्दन ! इस विषयमें जानकार मनुष्य जनक और सुलभाके संवादरूप इस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं ॥ ३ ॥

संन्यासफलिकः कश्चिद् बभूव नृपतिः पुरा ।
मैथिलो जनको नाम धर्मध्वज इति श्रुतः ॥ ४ ॥

प्राचीन कालमें मिथिलापुरीके कोई एक राजा जनक हो गये हैं, जो धर्मध्वज नामसे प्रसिद्ध थे । उन्हें (गृहस्थाश्रममें रहते हुए भी) संन्यासका जो सम्यग्ज्ञानरूप है, वह प्राप्त हो गया था ॥ ४ ॥

स वेदे मोक्षशास्त्रे च स्वे च शास्त्रे कृतश्रमः ।
इन्द्रियाणि समाधाय वसुधामिमाम् ॥ ५ ॥

उन्होंने वेदमें, मोक्षशास्त्रमें तथा अपने शास्त्र (दण्डनीति) में भी बड़ा परिश्रम किया था । वे इन्द्रियोंको एकाग्र करके इस वसुन्धराका शासन करते थे ॥ ५ ॥

वेदविदः प्राज्ञाः श्रुत्वा तां साधुवृत्तताम् ।
लोकेषु स्पृहयन्त्यन्ये पुरुषाः पुरुषेश्वर ॥ ६ ॥

नरेश्वर ! वेदोंके ज्ञाता विद्वान् पुरुष उनकी उस साधुवृत्तिका समाचार सुनकर उन्हींके समान सज्जन होनेकी इच्छा करते थे ॥ ६ ॥

अथ धर्मयुगे तस्मिन् योगधर्ममनुष्ठिता ।
महीमनुचचारैका सुलभा नाम भिक्षुकी ॥ ७ ॥

वह धर्मप्रधान युगका समय था । उन दिनों सुलभा नामवाली एक संन्यासिनी योगधर्मके अनुष्ठानद्वारा सिद्धि प्राप्त करके अकेली ही इस पृथ्वीपर विचरण करती थी ॥ ७ ॥

जगदिदं कृत्स्नमटन्त्या मिथिलेश्वरः ।
तत्र श्रुतो मोक्षे कथ्यमानस्त्रिदण्डिभिः ॥ ८ ॥

इस सम्पूर्ण जगत्में घूमती हुई सुलभाने यत्र तत्र अनेक स्थानोंमें त्रिदण्डी संन्यासियोंके मुखसे मोक्ष-तत्त्वकी जानकारीके विषयमें मिथिलापति राजा जनककी प्रशंसा सुनी ॥ ८ ॥

सातिसूक्ष्मां कथां श्रुत्वा तथ्यं नेति ससंशया ।
दर्शने जातसंकल्पा जनकस्य बभूव ह ॥ ९ ॥

उनके कही जानेवाली अत्यन्त सूक्ष्म परब्रह्मविषयक वार्ता दूसरोंके मुखसे सुनकर सुलभाके मनमें यह संदेह हुआ कि नहीं जनकके सम्बन्धमें जो बातें सुनी जाती हैं, वे सत्य हैं या नहीं । यह उत्पन्न होनेपर उसके हृदयमें जनकके दर्शनका संकल्प उदित हुआ ॥ ९ ॥

तत्र विप्रहायाथ पूर्वरूपं हि योगतः ।
अबिभ्रदनवद्याङ्गी रूपमन्यदनुत्तमम् ॥ १० ॥
चक्षुर्निमेषमात्रेण लघ्वस्त्रगतिगामिनी ।
विदेहानां पुरीं सुभ्रूर्जगाम कमलेक्षणा ॥ ११ ॥

उसने योगशक्तिसे अपना पहला शरीर छोड़कर दूसरा परम सुन्दर रूप धारण कर लिया । अब उसका प्रत्येक अङ्ग अनिन्द्य सौन्दर्यसे प्रकाशित होने लगा । सुन्दर भौंहोंवाली वह कमलनयनी बाला बाणोंके समान तीव्र गतिसे चलकर पलभरमें विदेहदेशकी राजधानी मिथिलामें जा पहुँची ॥ १०-११ ॥

मिथिलां रम्यां प्रभूतजनसंकुलाम् ।
भैक्ष्यचर्यापदेशेन ददर्श मिथिलेश्वरम् ॥ १२ ॥

प्रचुर जनसमुदायसे भरी हुई उस रमणीय मिथिलानगरीमें पहुँचकर संन्यासिनी सुलभाने भिक्षा लेनेके बहाने मिथिलानरेशका दर्शन किया ॥ १२ ॥

तस्याः परं दृष्ट्वा सौकुमार्यं वपुस्तदा ।
केयं कुतो वेति बभूवागतविस्मयः ॥ १३ ॥

उसके परम सुकुमार शरीर और सौन्दर्यको देखकर राजा जनक आश्चर्यसे चकित हो उठे और मन-ही-मन सोचने लगे, 'यह कौन है, किसकी है अथवा कहाँसे आयी है?' ॥ १३ ॥

ततोऽस्याः स्वागतं कृत्वा व्यादिश्य च वरासनम् ।
पूजितां पादशौचेन वरान्नेनाप्यतर्पयत् ॥ १४ ॥

तदनन्तर उसका स्वागत करके राजाने उसे सुन्दर आसन समर्पित किया और पैर धुलाकर उसका यथोचित पूजन करनेके पश्चात् उत्तमोत्तम अन्न देकर उसे किया ॥ १४ ॥

अथ भुक्तवती प्रीता राजानं मन्त्रिभिर्वृतम् ।
सर्वभाष्यविदां मध्ये चोदयामास भिक्षुकी ॥ १५ ॥

भोजन करके संतुष्ट हुई संन्यासिनी सुलभाने सम्पूर्ण भाष्यवेत्ता विद्वानोंके बीचमें मन्त्रियोंसे घिरकर बैठे हुए राजा जनकसे कुछ प्रश्न करनेका विचार किया ॥ १५ ॥

सुलभा त्वस्य धर्मेषु मुक्तो नेति ससंशया ।
सत्त्वं सत्त्वेन योगज्ञा प्रविवेश महीपतेः ॥ १६ ॥

सुलभा मोक्षधर्मके विषयमें राजासे कुछ पूछना चाहती थी । उसके मनमें यह संदेह था कि राजा जनक जीवन्मुक्त हैं या नहीं । वह योगशक्तियोंकी जानकार तो थी ही, अपनी सूक्ष्म बुद्धिद्वारा राजाकी बुद्धिमें प्रविष्ट हो गयी ॥ १६ ॥

नेत्राभ्यां नेत्रयोरस्य रश्मीन् संयम्य रश्मिभिः ।
सा स्म तं चोदयिष्यन्ती योगबन्धैर्बबन्ध ह ॥ १७ ॥

राजा जनकसे प्रश्न करनेके लिये उद्यत हो उसने अपने नेत्रोंकी किरणोंद्वारा उनके नेत्रोंकी किरणोंको संयत करके

योगबलसे उनके चित्तको बाँधकर उन्हें वशमें कर लिया॥ १७॥

जनकोऽप्युत्स्मयन् राजा भावमस्या विशेषयन्।
प्रतिजग्राह भावेन भावमस्या नृपोत्तम ॥ १८ ॥

नृपश्रेष्ठ! तब राजा जनकने सुलभाके अभिप्रायको जानकर उसका आदर करते हुए मुस्कराकर अपने भावद्वारा उसके भावको ग्रहण कर लिया ॥ १८ ॥

तदेकस्मिन्नधिष्ठाने संवादः श्रूयतामयम्।
छत्रादिषु विमुक्तस्य मुक्तायाश्च त्रिदण्डके ॥ १९ ॥

फिर छत्र आदि राजचिह्नोंसे रहित हुए राजा जनक और त्रिदण्डरूप संन्यास-चिह्नसे मुक्त हुई सुलभाका एक ही शरीरमें रहकर जो संवाद हुआ था, उसे सुनो ॥ १९ ॥

जनक उवाच

भगवत्याः क्व चर्येयं कृता क्व च गमिष्यसि।
[illegible] च त्वं कुतो वेति पप्रच्छैनां महीपतिः ॥ २० ॥

जनकने पूछा—भगवति! आपको यह संन्यासकी दीक्षा कहाँसे प्राप्त हुई है, आप कहाँ जायँगी? किसकी हैं और कहाँसे यहाँ आपका शुभागमन हुआ है? ये सब बातें राजा जनकने सुलभासे पूछीं ॥ २० ॥

श्रुते वयसि जातौ [illegible] सद्भावो नाधिगम्यते।
एष्वर्थेषूत्तरं तस्मात् प्रवेद्यं मत्समागमे ॥ २१ ॥

वे बोले, किसीसे पूछे बिना उसके शास्त्रज्ञान, [illegible] और जातिके विषयमें सच्ची बात नहीं मालूम होती; अतः मेरे साथ जो तुम्हारा समागम हुआ है, इस अवसरपर इन [illegible] विषयोंकी जानकारीके लिये यथार्थ उत्तर जानना आवश्यक है॥

छत्रादिषु विशेषेषु मुक्तं मां विद्धि तत्त्वतः।
स त्वां सम्मन्तुमिच्छामि मानार्हासि मतासि मे ॥ २२ ॥

छत्र आदि जो विशेष राजोचित चिह्न हैं, उन्हें इस समय [illegible] त्याग चुका हूँ; अतः अब आप मुझे यथार्थरूपसे जान लें। मैं आपका सम्मान करना चाहता हूँ; क्योंकि आप मुझे सम्मानके योग्य जान पड़ती हैं ॥ २२ ॥

यस्माच्चैतन्मया प्राप्तं ज्ञानं वैशेषिकं पुरा।
यस्य नान्यः प्रवक्तास्ति मोक्षं तमपि मे शृणु ॥ २३ ॥

मैंने पूर्वकालमें सर्वश्रेष्ठ मोक्षविषयक ज्ञान जिनसे प्राप्त किया था, जिसका उनके सिवा दूसरा कोई प्रतिपादन करनेवाला नहीं है, उस ज्ञान और ज्ञानदाता गुरुका भी परिचय आप मुझसे सुनो ॥ २३ ॥

पाराशरसगोत्रस्य वृद्धस्य सुमहात्मनः।
भिक्षोः पञ्चशिखस्याहं शिष्यः परमसम्मतः ॥ २४ ॥

पराशरगोत्री संन्यास-धर्मावलम्बी वृद्ध महात्मा पञ्चशिख मेरे गुरु हैं। मैं उनका परम प्रिय शिष्य हूँ ॥ २४ ॥

सांख्यज्ञाने च योगे च महीपालविधौ तथा।
त्रिविधे मोक्षधर्मेऽस्मिन् गताध्वा छिन्नसंशयः ॥ २५ ॥

सांख्यज्ञान, योगविद्या [illegible] राजधर्म—इन तीन प्रकारके मोक्षधर्ममें मुझे गन्तव्य मार्ग गुरुदेवसे प्राप्त हो चुका है। इन विषयोंके मेरे सारे संशय दूर हो गये हैं ॥ २५ ॥

स यथाशास्त्रदृष्टेन मार्गेणेह परिभ्रमन्।
वार्षिकांश्चतुरो मासान् पुरा मयि सुखोषितः ॥ २६ ॥

पहलेकी बात है, वे आचार्यचरण शास्त्रोक्त मार्गसे चलते हुए घूमते-घामते इधर आ निकले और वर्षा-ऋतुके चार महीने मेरे यहाँ सुखपूर्वक रहे ॥ २६ ॥

तेनाहं सांख्यमुख्येन सुदृष्टार्थेन तत्त्वतः।
श्रावितस्त्रिविधं मोक्षं न च राज्याद् विचालितः ॥ २७ ॥

वे सांख्यशास्त्रके प्रमुख विद्वान् हैं और सारा सिद्धान्त उन्हें यथावत् रूपसे प्रत्यक्षकी भाँति ठीक-ठीक ज्ञात है। उन्होंने मुझे त्रिविध मोक्षधर्म श्रवण कराया है, परंतु राज्यसे दूर हटनेकी आज्ञा नहीं दी है ॥ २७ ॥

सोऽहं तामखिलां वृत्तिं त्रिविधां मोक्षसंहिताम्।
मुक्तरागश्चराम्येकः पदे परमके स्थितः ॥ २८ ॥

इस प्रकार उपदेश पाकर मैं विषयोंकी आसक्तिसे रहित हो मुक्तिविषयक तीन प्रकारकी समस्त वृत्तियोंका आचरण करता हूँ और अकेला ही परमपदमें स्थित हूँ ॥ २८ ॥

वैराग्यं पुनरेतस्य मोक्षस्य परमो विधिः।
ज्ञानादेव [illegible] वैराग्यं जायते येन मुच्यते ॥ २९ ॥

वैराग्य ही इस मुक्तिका प्रधान कारण है और ज्ञानसे ही वह वैराग्य प्राप्त होता है, जिससे मनुष्य मुक्त हो जाता है ॥ २९ ॥

ज्ञानेन कुरुते यत्नं यत्नेन प्राप्यते महत्।
महद् द्वन्द्वप्रमोक्षाय सा सिद्धिर्या वयोऽतिगा ॥ ३० ॥

मनुष्य ज्ञानके द्वारा मुक्ति पानेके लिये यत्न करता है। उस यत्नसे महान् आत्मज्ञानकी प्राप्ति होती है। वह महान् आत्मज्ञान ही सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंसे छुटकारा दिलानेका साधन है, वही सिद्धि है, जो काल (मृत्यु) को भी लाँघ जानेवाली है ॥ ३० ॥

सेयं परमिका बुद्धिः प्राप्ता निर्द्वन्द्वता मया।
इहैव गतमोहेन चरता मुक्तसङ्गिना ॥ ३१ ॥

मेरा मोह दूर हो गया है। मैं समस्त सङ्गोंका त्याग कर चुका हूँ; इसलिये मैंने इस गृहस्थधर्ममें रहते हुए ही बुद्धिकी परम निर्द्वन्द्वता प्राप्त कर ली है ॥ ३१ ॥

यथा क्षेत्रं मृदूभूतमद्भिराप्लावितं तथा।
जनयत्यङ्कुरं कर्म नृणां तद्वत् पुनर्भवम् ॥ ३२ ॥

जैसे जिस खेतको जोतकर खूब मुलायम बना दिया गया हो और यथासमय उसे पानीसे सींचा गया हो, वही बोये हुए बीजमें अङ्कुर उत्पन्न करता है, उसी प्रकार मनुष्योंका शुभ-अशुभ कर्म ही पुनर्जन्मका उत्पादन करता है ॥ ३२ ॥

यथा चोत्तापितं बीजं कपाले यत्र तत्र [illegible]।
प्राप्याप्यङ्कुरहेतुत्वमबीजत्वान्न जायते ॥ ३३ ॥

तद्वद् भगवतानेन शिखा प्रोक्तेन भिक्षुणा।
ज्ञानं कृतमबीजं मे विषयेषु न जायते ॥ ३४ ॥

जैसे मिट्टीके खपरेमें या और किसी भी बर्तनमें भूना गया बीज बीज न रह जानेके कारण अङ्कुर उगाने योग्य खेतमें पड़कर भी नहीं जमता है, उसी प्रकार मेरे संन्यासी गुरु भगवान् पञ्चशिखने मुझे जो ज्ञान प्रदान किया है, वह निर्बीज है। इसलिये विषयोंके क्षेत्रमें अङ्कुरित नहीं होता है ॥ ३३-३४ ॥

नाभिरज्यति कस्मिंश्चिन्नानर्थे न परिग्रहे।
नाभिरज्यति चैतेषु व्यर्थत्वाद् रागरोषयोः ॥ ३५ ॥

मेरी बुद्धि किसी अनर्थमें [illegible] भोगोंके संग्रहमें भी आसक्त नहीं होती है। स्त्री आदिके विषयमें जो अनुराग और शत्रु आदिके विषयमें जो क्रोध होता है, वह व्यर्थ होनेके कारण उसकी ओर मेरी बुद्धिकी प्रवृत्ति नहीं होती है ॥ ३५ ॥

यश्च मे दक्षिणं बाहुं चन्दनेन समुक्षयेत्।
सव्यं वास्यापि यस्तक्षेत् समावेतावुभौ [illegible] ॥ ३६ ॥

जो मेरी दाहिनी बाँहपर चन्दन छिड़के और जो बायीं बाँहको बँसूलेसे काटे तो ये दोनों ही मनुष्य मेरे लिये एक समान हैं ॥ ३६ ॥

सुखी सोऽहमवाप्तार्थः समलोष्टाश्मकाञ्चनः।
मुक्तसङ्गः स्थितो राज्ये विशिष्टोऽन्यैस्त्रिदण्डिभिः ॥ ३७ ॥

मैं आप्तकाम होकर सदा सुखका अनुभव करता हूँ। मेरी दृष्टिमें मिट्टीके ढेले, पत्थर और सुवर्ण सब एक-से हैं। मैं आसक्तिरहित होकर राजाके पदपर प्रतिष्ठित हूँ। अतः अन्य त्रिदण्डी साधुओंसे मेरा स्थान विशिष्ट है ॥ ३७ ॥

मोक्षे हि त्रिविधा निष्ठा दृष्टान्यैर्मोक्षवित्तमैः।
[illegible] लोकोत्तरं [illegible] सर्वत्यागश्च कर्मणाम् ॥ ३८ ॥

अलौकिक जो ज्ञान है, अलौकिक जो संन्यास है तथा जो कर्मोंका अलौकिक अनुष्ठान है अर्थात् निष्काम भावसे कर्मोंका [illegible] है—इन तीन प्रकारकी निष्ठाओंको ही मोक्षवेत्ता विद्वानोंने मोक्षका उपाय देखा और समझा है ॥ ३८ ॥

ज्ञाननिष्ठां वदन्त्येके मोक्षशास्त्रविदो जनाः।
कर्मनिष्ठां तथैवान्ये यतयः सूक्ष्मदर्शिनः ॥ ३९ ॥

मोक्षशास्त्रका [illegible] रखनेवाले एक श्रेणीके लोग कहते हैं कि ज्ञाननिष्ठा ही मोक्षका साधन है तथा दूसरे सूक्ष्मदर्शी यति लोग कर्मनिष्ठाको ही मुक्तिका उपाय बताते हैं ॥ ३९ ॥

प्रहायोभयमप्येव ज्ञानं कर्म च केवलम्।
तृतीयेयं समाख्याता निष्ठा तेन महात्मना ॥ ४० ॥

किंतु उन महात्मा पञ्चशिखाचार्यने पूर्वोक्त केवल ज्ञान और केवल कर्म—इन दोनों पक्षोंका परित्याग करके एक तीसरी निष्ठा बतायी है ॥ ४० ॥

यमे च नियमे चैव कामे द्वेषे परिग्रहे।
माने दम्भे तथा स्नेहे सदृशास्ते कुटुम्बिभिः ॥ ४१ ॥

यम, नियम, काम, द्वेष, परिग्रह, मान, दम्भ तथा स्नेह करके उनसे होनेवाले लाभ और हानिमें संन्यासी भी गृहस्थोंके ही तुल्य हैं अर्थात् यम-नियम आदिका अभ्यास करनेपर गृहस्थ भी मोक्षलाभ कर सकते हैं और कामना [illegible] द्वेष होनेपर सन्यासी भी मुक्तिसे वञ्चित हो सकते हैं ॥

त्रिदण्डादिषु यद्यस्ति मोक्षो ज्ञानेन कस्यचित्।
छत्रादिषु कथं न स्यात् तुल्यहेतौ परिग्रहे ॥ ४२ ॥

सन्यासी त्रिदण्ड आदि धारण करते हैं और गृहस्थ नरेश छत्र-चवँर आदि। यदि त्रिदण्ड धारण करनेपर किसीको ज्ञानद्वारा मोक्ष प्राप्त हो सकता है तो छत्र आदि धारण करनेपर दूसरेको उसी ज्ञानके द्वारा मोक्ष कैसे प्राप्त नहीं हो [illegible]? क्योंकि प्रतिबन्धका कारण परिग्रह दोनोंके लिये [illegible] है—एक त्रिदण्ड आदिका संग्रह करता है और दूसरा [illegible] आदिका ॥ ४२ ॥

येन येन हि यस्यार्थः कारणेनेह कर्मणि।
तत्तदालम्बते सर्वः स्वे स्वे स्वार्थपरिग्रहे ॥ ४३ ॥

अपने-अपने अभीष्ट अर्थकी सिद्धिके लिये जिस मनुष्यको जिस-जिस साधनभूत वस्तुसे प्रयोजन होता है, वे सभी अपना-अपना काम बनानेके लिये उन-उन वस्तुओंका आश्रय लेते हैं ॥

दोषदर्शी तु गार्हस्थ्ये यो व्रजत्याश्रमान्तरे।
उत्सृजन् परिगृह्णंश्च सोऽपि सङ्गान्न मुच्यते ॥ ४४ ॥

जो गृहस्थ-आश्रममें दोष देखकर उसका परित्याग करके दूसरे आश्रममें चला जाता है, वह भी कुछ छोड़ता है और कुछ ग्रहण करता है; अतः उसे भी सङ्गदोषसे छुटकारा नहीं मिलता है ॥ ४४ ॥

आधिपत्ये तथा तुल्ये निग्रहानुग्रहात्मके।
राजभिर्भिक्षुकास्तुल्या मुच्यन्ते केन हेतुना ॥ ४५ ॥

किसीका निग्रह और किसीपर अनुग्रह करना ही आधिपत्य (प्रभुत्व) कहलाता है। यह जैसे राजामें है, वैसे संन्यासीमें भी है। इस दृष्टिसे जब संन्यासी भी राजाओंके ही समान हैं, तब केवल वे ही मुक्त होते हैं—ऐसा माननेका [illegible] कारण है? ॥ ४५ ॥

[illegible] सत्याधिपत्येऽपि ज्ञानेनैवेह केवलम्।
मुच्यन्ते सर्वपापेभ्यो देहे परमके स्थिताः ॥ ४६ ॥

मनुष्यरूप उत्तम शरीरमें स्थित हुए प्राणी प्रभुत्व रखते हुए भी केवल ज्ञानके ही बलसे यहाँ समस्त पापोंसे मुक्त हो जाते हैं ॥ ४६ ॥

काषायधारणं मौण्ड्यं त्रिविष्टब्धं कमण्डलुम्।
लिङ्गान्युत्पथभूतानि न मोक्षायेति मे मतिः ॥ ४७ ॥

मेरी तो यह धारणा है कि गेरुआ [illegible] पहनना, मस्तक मुड़ा लेना तथा त्रिदण्ड और कमण्डलु धारण करना—ये सब उत्कृष्ट सन्यासमार्गका परिचय देनेवाले चिह्नमात्र हैं। इनके द्वारा मोक्षकी सिद्धि नहीं होती ॥ ४७ ॥

यदि सत्यपि लिङ्गेऽस्मिन् ज्ञानमेवात्र कारणम् ।
निर्मोक्षायेह दुःखस्य लिङ्गमात्रं निरर्थकम् ॥ ४८ ॥

यदि इन चिह्नोंके रहते हुए भी यहाँ दुःखसे सर्वथा मोक्ष पानेके लिये एकमात्र ज्ञान ही उपाय है तो जितने भी चिह्न धारण किये जाते हैं, वे सब निरर्थक हैं ॥ ४८ ॥

अथवा दुःखशैथिल्यं वीक्ष्य लिङ्गे कृता मतिः ।
किं तदेवार्थसामान्यं छत्रादिषु न लक्ष्यते ॥ ४९ ॥

अथवा यदि कहे कि त्रिदण्ड और गैरिक [illegible] आदि धारण करनेसे कुछ सुविधा प्राप्त होती है और [illegible] कम होता है, इसलिये संन्यासियोंने उन चिह्नोंको धारण करनेका विचार किया है तो छत्र आदि धारण करनेमें भी इसी सामान्य प्रयोजनकी ओर क्यों न दृष्टि रखी जाय ? ॥ ४९ ॥

आकिंचन्ये न मोक्षोऽस्ति किंचन्ये नास्ति बन्धनम् ।
किंचन्ये चेतरे चैव जन्तुर्ज्ञानेन मुच्यते ॥ ५० ॥

न तो अकिञ्चनता (दरिद्रता) में मोक्ष है और न किञ्चनता (आवश्यक वस्तुओंसे सम्पन्न होने) [illegible] बन्धन ही है । धन और निर्धनता दोनों ही अवस्थाओंमें ज्ञानसे ही जीवको मोक्षकी प्राप्ति होती है ॥ ५० ॥

तस्माद् धर्मार्थकामेषु [illegible] राज्यपरिग्रहे ।
बन्धनायतनेष्वेषु विद्ध्यबन्धे पदे स्थितम् ॥ ५१ ॥

इसलिये धर्म, अर्थ, काम तथा राज्यपरिग्रह—इन बन्धन-[illegible] स्थानोंमें रहते हुए भी मुझे आप बन्धनरहित (जीवन्मुक्त) पदपर प्रतिष्ठित समझें ॥ ५१ ॥

राज्यैश्वर्यमयः पाशः स्नेहायतनबन्धनः ।
मोक्षाश्मनिशितेनेह छिन्नस्त्यागासिना मया ॥ ५२ ॥

मैंने मोक्षरूपी पत्थरपर रगड़कर तेज किये हुए त्याग-वैराग्यरूपी तलवारसे राज्य और ऐश्वर्यरूपी पाशको [illegible] स्नेहके आश्रयभूत स्त्री-पुत्र आदिके ममत्वरूपी बन्धनको [illegible] डाला है ॥ ५२ ॥

सोऽहमेवंगतो मुक्तो जातास्थस्त्वयि भिक्षुकि ।
अयथार्थं हि ते वर्णं वक्ष्यामि शृणु तन्मम ॥ ५३ ॥

संन्यासिनी ! इस प्रकार मैं जीवन्मुक्त हूँ । आपमें योग-[illegible] प्रभाव देखकर यद्यपि आपके प्रति मेरी आस्था और आदर-बुद्धि हो गयी है तथापि [illegible] आपके इस रूप और सौन्दर्यको योगसाधनाके योग्य नहीं मानता, अतः इस विषयमें मैं जो कुछ कहता हूँ, मेरे उस वचनको आप सुनिये ॥५३॥

सौकुमार्यं तथा रूपं वपुरग्र्यं तथा वयः ।
तवैतानि समस्तानि नियमश्चेति संशयः ॥ ५४ ॥

सुकुमारता, सौन्दर्य, मनोहर शरीर तथा यौवनावस्था—ये सारी वस्तुएँ योगके विरुद्ध हैं; फिर भी आपमें इन सब गुणोंके साथ-साथ योग और नियम भी है ही, यह कैसे सम्भव हुआ ? यही मेरे मनमें संदेह है ॥ ५४ ॥

यच्चाप्यननुरूपं ते लिङ्गस्यास्य विचेष्टितम् ।
मुक्तोऽयं स्यान्न वेति स्याद् धर्षितो मत्परिग्रहः ॥ ५५ ॥

यह जो त्रिदण्डधारणरूप चिह्न है, उसके अनुरूप आप की कोई चेष्टा नहीं है । यह मुक्त है या नहीं, इसकी परीक्षा लेनेके लिये आपने मेरे शरीरको अभिभूत कर दिया है—उस पर बलात्कारपूर्वक अधिकार जमा लिया है ॥ ५५ ॥

न च कामसमायुक्ते युक्तेऽप्यस्ति त्रिदण्डके ।
न रक्ष्यते त्वया चेदं न मुक्तस्यास्ति गोपना ॥ ५६ ॥

मनुष्य योगयुक्त होकर भी यदि कामभोगमें आसक्त हो जाय तो उसका त्रिदण्ड धारण करना अनुचित एवं व्यर्थ है । आप अपने इस बर्तावद्वारा संन्यास-आश्रमके नियमकी रक्षा नहीं कर रही हैं । यदि अपने स्वरूपको छिपानेके लिये आपने ऐसा किया हो तो जीवन्मुक्त पुरुषके लिये आत्मगोपन आवश्यक नहीं है ॥ ५६ ॥

मत्पक्षसंश्रयाच्चायं शृणु यस्ते व्यतिक्रमः ।
आश्रयन्त्याः स्वभावेन मम पूर्वपरिग्रहम् ॥ ५७ ॥

आपने स्वभावतः सोच-समझकर मेरे पूर्व-शरीरका आश्रय लेनेकी चेष्टा की है, अतः मेरे पक्षका आश्रय लेने—मेरे शरीरमें प्रवेश करनेके कारण आपसे जो व्यतिक्रम बन गया है, उसे बताता हूँ, सुनिये ॥ ५७ ॥

प्रवेशस्ते कृतः केन [illegible] राष्ट्रे पुरेऽपि वा ।
[illegible] वा संनिकर्षात् त्वं प्रविष्टा हृदयं [illegible] ॥ ५८ ॥

आपने किस कारणसे मेरे राज्य अथवा नगरमें प्रवेश किया है अथवा किसके संकेतसे आप मेरे हृदयमें घुस आयी हैं ? ॥ ५८ ॥

वर्णप्रवरमुख्यासि ब्राह्मणी क्षत्रियस्त्वहम् ।
नावयोरेकयोगोऽस्ति मा कृथा वर्णसंकरम् ॥ ५९ ॥

वर्णोंमें श्रेष्ठ ब्राह्मणोंकी जो कन्याएँ हैं, उन सबमें आप प्रमुख हैं । आप ब्राह्मणी हैं और [illegible] क्षत्रिय हूँ; [illegible] हम दोनोंका एकत्र संयोग होना कदापि उचित नहीं है; इसलिये आप वर्णसंकर नामक दोषका उत्पादन न कीजिये ॥ ५९ ॥

वर्तसे मोक्षधर्मेण त्वं गार्हस्थ्येऽहमाश्रमे ।
अयं चापि सुकष्टस्ते द्वितीयोऽऽश्रमसंकरः ॥ ६० ॥

आप मोक्षधर्म (संन्यास-आश्रम) के अनुसार बर्ताव करती हैं और मैं गृहस्थ-आश्रममें स्थित हूँ; अतः आपके द्वारा यह दूसरा आश्रमसंकर नामक दोषका उत्पादन किया जा रहा है, जो अत्यन्त कष्टप्रद है ॥ ६० ॥

सगोत्रां वासगोत्रां वा [illegible] वेद त्वां न वेत्थ माम् ।
सगोत्रमाविशन्त्यास्ते तृतीयो गोत्रसंकरः ॥ ६१ ॥

मैं यह भी नहीं जानता कि आप सगोत्रा हैं या असगोत्रा । इसी प्रकार आप भी मेरे विषयमें कुछ नहीं जानतीं । अतः मुझ सगोत्रमें प्रवेश करनेके कारण आपके द्वारा तीसरा गोत्रसंकर नामक दोष उत्पन्न किया गया है ॥ ६१ ॥

अथ जीवति ते भर्ता प्रोषितोऽप्यथवा क्वचित् ।

[illegible] परभार्येति चतुर्थो धर्मसंकरः ॥ ६२ ॥

यदि आपके पति जीवित हैं अथवा कहीं परदेशमें चले गये [illegible] तो आप परायी [illegible] होनेके कारण मेरे लिये सर्वथा [illegible] हैं । ऐसी दशामें [illegible] [illegible] वर्ताव धर्मसंकर नामक चौथा दोष है [illegible] ६२ ॥

[illegible] त्वमेतान्यकार्याणि कार्यापेक्षा व्यवस्यसि ।
अविज्ञानेन वा युक्ता मिथ्याज्ञानेन [illegible] पुनः ॥ ६३ ॥

आप कार्य-साधनकी अपेक्षा [illegible] [illegible] अथवा मिथ्याज्ञानसे युक्त हो ये सब न करने योग्य कार्य कर डालनेको [illegible] हो गयी हैं ॥ ६३ ॥

अथवापि स्वतन्त्रासि स्वदोषेणेह कर्हिचित् ।
यदि किंचिच्छ्रुतं तेऽस्ति सर्वं कृतमनर्थकम् ॥ ६४ ॥

[illegible] यदि आप [illegible] हैं तो कभी आपके द्वारा यदि कुछ [illegible] [illegible] किया गया हो तो आपने अपने ही दोषसे वह सब व्यर्थ कर दिया है ॥ ६४ ॥

इदमन्यच्चतुर्थं ते भावस्पर्शविघातकम् ।
दुष्टाया लक्ष्यते लिङ्गं प्रवृष्वत्याप्रकाशितम् ॥ ६५ ॥

आपका जो दोष छिपा हुआ [illegible] उसे आपने [illegible] ही प्रकाशित कर दिया । इससे आप दुष्ट जान पड़ती हैं । आपकी दुष्टताका यह और चौथा चिह्न [illegible] दिखायी दे रहा है, जो हृदयकी प्रीतिपर आघात करनेवाला है ॥ ६५ ॥

न मय्येवाभिसंधिस्ते जयैषिण्या जये कृतः ।
येयं मत्परिषत् कृत्स्ना जेतुमिच्छसि तामपि ॥ ६६ ॥

आप अपनी विजय चाहती हैं । आपने केवल मुझे [illegible] जीतनेकी इच्छा नहीं की है, अपितु यह जो मेरी सारी [illegible] बैठी है, इसे भी जीतना चाहती हैं ॥ ६६ ॥

तथाह्येतस्ततश्च त्वं दृष्टिं स्वां प्रतिमुञ्चसि ।
मत्पक्षप्रतिघाताय स्वपक्षोद्भावनाय च ॥ ६७ ॥

आप मेरे पक्षकी पराजय और अपने पक्षकी विजयके लिये इन माननीय सभासदोंपर भी बारंबार अपनी दृष्टि फेंक रही हैं ॥ ६७ ॥

सा स्वेनामर्षजेन त्वमृद्धिमोहेन मोहिता ।
भूयः सृजसि योगांस्त्वं विषामृतमिवैकताम् ॥ ६८ ॥

[illegible] अपनी असहिष्णुताजनित योगसमृद्धिके मोहसे मोहित हो विष और अमृतको एक करनेके समान कामके साथ योगका सम्बन्ध जोड़ रही हैं ॥ ६८ ॥

इच्छतोरत्र यो लाभः स्त्रीपुंसोरमृतोपमः ।
अलाभश्चापि रक्तस्य सोऽपि दोषो विषोपमः ॥ ६९ ॥

[illegible] और पुरुष जब एक-दूसरेको चाहते हों, उस समय उन्हें जो संयोग-सुखका लाभ होता है, वह अमृतके समान मधुर है । यदि अनुरक्त नारीको अनुरक्त पुरुषकी प्राप्ति नहीं हुई तो वह दोष विषके समान भयंकर होता है ॥ ६९ ॥

मा स्प्राक्षीः साधु जानीष्व स्वशास्त्रमनुपालय ।
कृतेयं हि विजिज्ञासा मुक्तो नेति त्वया मम ।
एतत् सर्वं प्रतिच्छन्नं मयि नार्हसि गूहितुम् ॥ ७० ॥

आप मेरा स्पर्श न करें । मेरे चरित्रको उत्तम और निष्कलङ्क समझें और अपने [illegible] (संन्यास-धर्म) [illegible] निरन्तर [illegible] करती रहें । आपने मेरे विषयमें यह जाननेकी इच्छा [illegible] थी कि यह राजा जीवन्मुक्त है या नहीं । यह सारा [illegible] आपके हृदयमें प्रच्छन्नभावसे स्थित था, अतः [illegible] समय आप मुझसे इसको छिपा नहीं सकतीं ॥ ७० ॥

सा यदि त्वं स्वकार्येण यद्यन्यस्य महीपतेः ।
तत् त्वं सत्रप्रतिच्छन्ना मयि नार्हसि गूहितुम् ॥ ७१ ॥

यदि आप अपने कार्यसे या किसी दूसरे राजाके कार्यसे यहाँ वेष [illegible] आयी हों [illegible] [illegible] आपके लिये यथार्थ बातको गुप्त रखना उचित नहीं है ॥ ७१ ॥

न राजानं मृषा गच्छेन्न द्विजातिं कथंचन ।
न स्त्रियं स्त्रीगुणोपेतां हन्युर्ह्येते मृषा गताः ॥ ७२ ॥

मनुष्यको चाहिये कि वह किसी राजाके पास [illegible] किसी ब्राह्मणके निकट अथवा स्त्रीजनोचित पातिव्रत्य गुणसे सम्पन्न [illegible] सती-साध्वी नारीके समीप छद्मवेष धारण करके न जाय; क्योंकि ये राजा, ब्राह्मण और पतिव्रता स्त्री उस छद्मवेषधारी मनुष्यके धोखा देनेपर उसपर कुपित हो उसका विनाश [illegible] देते [illegible] ॥ ७२ ॥

राज्ञां हि बलमैश्वर्यं ब्रह्म ब्रह्मविदां बलम् ।
रूपयौवनसौभाग्यं स्त्रीणां बलमनुत्तमम् ॥ ७३ ॥

राजाओंका बल ऐश्वर्य है, वेदज्ञ ब्राह्मणोंका बल वेद है तथा स्त्रियोंका परम उत्तम बल रूप, यौवन और सौभाग्य है ॥

अत एतैर्बलैरेव बलिनः स्वार्थमिच्छता ।
आर्जवेनाभिगन्तव्या विनाशाय ह्यनार्जवम् ॥ ७४ ॥

ये इन्हीं बलोंसे बलवान् होते हैं । अपने अभीष्ट अर्थकी सिद्धि चाहनेवाले पुरुषको इनके पास सरलभावसे जाना चाहिये; क्योंकि इनके प्रति किया हुआ कुटिल भाव विनाशका [illegible] बन [illegible] है ॥ ७४ ॥

सा त्वं जातिं श्रुतं वृत्तं भावं प्रकृतिमात्मनः ।
कृत्यमागमने चैव वक्तुमर्हसि तत्त्वतः ॥ ७५ ॥

अतः संन्यासिनि ! आपको अपनी जाति, शास्त्रज्ञान, चरित्र, अभिप्राय, स्वभाव एवं यहाँ आगमनका प्रयोजन भी यथार्थरूपसे बताना उचित है ॥ ७५ ॥

भीष्म उवाच

इत्येतैरसुखैर्वाक्यैरयुक्तैरसमञ्जसैः ।
प्रत्यादिष्टा नरेन्द्रेण सुलभा न व्यकम्पत ॥ ७६ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! राजा जनकने [illegible] दुःखजनक, अयोग्य और असङ्गत वचनोंद्वारा उसका बड़ा तिरस्कार किया, तो भी सुलभा अपने मनमें तनिक भी विचलित [illegible] हुई ॥ ७६ ॥

उक्तवाक्ये तु नृपतौ सुलभा चारुदर्शना।
ततश्चारुतरं वाक्यं प्रचक्रामाथ भाषितुम् ॥ ७७ ॥

जब राजाकी बात समाप्त हो गयी, तब परम सुन्दरी सुलभाने अत्यन्त मधुर वचनोंमें भाषण देना आरम्भ किया ॥

सुलभोवाच

नवभिर्नवभिश्चैव दोषैर्वाग्बुद्धिदूषणैः।
अपेतमुपपन्नार्थमष्टादशगुणान्वितम् ॥ ७८ ॥
सौक्ष्म्यं सांख्यक्रमौ चोभौ निर्णयः सप्रयोजनः।
पञ्चैतान्यर्थजातानि वाक्यमित्युच्यते नृप ॥ ७९ ॥

सुलभा बोली—राजन्! वाणी और बुद्धिको दूषित करनेवाले जो नौ-नौ दोष हैं, उनसे रहित, अठारह गुणोंसे सम्पन्न और युक्तिसङ्गत अर्थसे युक्त पदसमूहको वाक्य कहते हैं। उस वाक्यमें सौक्ष्म्य, सांख्य, क्रम, निर्णय और प्रयोजन—ये पाँच प्रकारके अर्थ रहने चाहिये ॥ ७८-७९ ॥

एषामेकैकशोऽर्थानां सौक्ष्म्यादीनां सुलक्षणम्।
शृणु संसार्यमाणानां पदार्थपदवाक्यतः ॥ ८० ॥

ये जो सौक्ष्म्य आदि अर्थ हैं, ये पद, वाक्य, पदार्थ और वाक्यार्थरूपसे खोलकर बताये जा रहे हैं। आप इनमेंसे एक-एकका अलग अलग लक्षण सुनिये ॥ ८० ॥

ज्ञानं ज्ञेयेषु भिन्नेषु यदा भेदेन वर्तते।
तत्रातिशायिनी बुद्धिस्तत् सौक्ष्म्यमिति वर्तते ॥ ८१ ॥

जहाँ अनेक भिन्न-भिन्न ज्ञेय (अर्थ) उपस्थित [illegible] और 'यह [illegible] है, यह पट है' इस प्रकार वस्तुओंका पृथक् पृथक् ज्ञान होता हो, ऐसे स्थलोंमें यथार्थ निर्णय करनेवाली जो बुद्धि है, उसीका नाम सौक्ष्म्य है ॥ ८१ ॥

दोषाणां च गुणानां च प्रमाणं प्रविभागतः।
कंचिदर्थमभिप्रेत्य सा संख्येत्युपधार्यताम् ॥ ८२ ॥

जहाँ किसी विशेष अर्थको अभीष्ट मानकर उसके दोषों और गुणोंकी विभागपूर्वक गणना की जाती है, उस अर्थको संख्या अथवा सांख्य [illegible] चाहिये ॥ ८२ ॥

इदं पूर्वमिदं पश्चाद् वक्तव्यं यद् विवक्षितम्।
क्रमयोगं तमप्याहुर्वाक्यं वाक्यविदो जनाः ॥ ८३ ॥

परिगणित गुणों और दोषोंमेंसे अमुक गुण या दोष पहले कहना चाहिये और अमुकको पीछे कहना अभीष्ट है। इस प्रकार जो पूर्वापरके क्रमका विचार होता है, उसका नाम क्रम है और जिस वाक्यमें ऐसा क्रम हो, उस वाक्यको वाक्यवेत्ता विद्वान् क्रमयुक्त कहते हैं ॥ ८३ ॥

धर्मकामार्थमोक्षेषु प्रतिज्ञाय विशेषतः।
इदं तदिति वाक्यान्ते प्रोच्यते स विनिर्णयः ॥ ८४ ॥

धर्म, अर्थ, काम और मोक्षके विषयमें किसी एकका विशेषरूपसे प्रतिपादन करनेकी प्रतिज्ञा करके प्रवचनके अन्तमें 'यही वह अभीष्ट विषय है' ऐसा कहकर जो सिद्धान्त स्थिर किया जाता है, उसीका नाम निर्णय है ॥ ८४ ॥

इच्छाद्वेषभवैर्दुःखैः प्रकर्षो यत्र जायते।
तत्र या नृपते वृत्तिस्तत् प्रयोजनमिष्यते ॥ ८५ ॥

नरेश्वर! इच्छा अथवा द्वेषसे उत्पन्न हुए दुःखोंद्वारा जहाँ किसी एक प्रकारके दुःखकी प्रधानता हो जाय, वहाँ जो वृत्ति उदय होती है, उसीको प्रयोजन कहते हैं ॥ ८५ ॥

तान्येतानि यथोक्तानि सौक्ष्म्यादीनि जनाधिप।
एकार्थसमवेतानि वाक्यं मम निशामय ॥ ८६ ॥

जनेश्वर! जिस वाक्यमें पूर्वोक्त सौक्ष्म्य आदि गुण एक अर्थमें सम्मिलित हों, मेरे वैसे ही वाक्यको आप श्रवण करें ॥ ८६ ॥

उपेतार्थमभिन्नार्थं न्यायवृत्तं न चाधिकम्।
नाश्लक्ष्णं न च संदिग्धं वक्ष्यामि परमं ततः ॥ ८७ ॥

मैं ऐसा वाक्य बोलूँगी, जो सार्थक होगा। उसमें अर्थभेद नहीं होगा। वह न्याययुक्त होगा। उसमें आवश्यकतासे अधिक, कर्णकटु एवं संदेह-जनक पद नहीं होंगे। इस प्रकार मैं परम उत्तम वाक्य बोलूँगी ॥ ८७ ॥

न गुर्वक्षरसंयुक्तं पराङ्मुखसुखं न च।
नानृतं न त्रिवर्गेण विरुद्धं नाप्यसंस्कृतम् ॥ ८८ ॥

मेरे इस वचनमें गुरु एवं निष्ठुर अक्षरोंका संयोग नहीं होगा; उसमें कोमलकान्त सुकुमार पदावली होगी। वह पराङ्मुख व्यक्तियोंके लिये सुखद नहीं होगा। वह [illegible] तो झूठ होगा [illegible] धर्म, अर्थ और कामके विरुद्ध और संस्कारशून्य ही होगा ॥ ८८ ॥

[illegible] न्यूनं कष्टशब्दं वा विक्रमाभिहितं न च।
न शेषमनु कल्पेन निष्कारणमहेतुकम् ॥ ८९ ॥

मेरे उस वाक्यमें न्यूनपदत्व नामक दोष नहीं रहेगा, कष्टकर शब्दोंका प्रयोग नहीं होगा, उसका क्रमरहित उच्चारण नहीं होगा। उसमें दूसरे पदोंके अध्याहार और लक्षणकी आवश्यकता नहीं होगी। यह [illegible] निष्प्रयोजन और युक्तिशून्य भी नहीं होगा ॥ ८९ ॥

कामात् क्रोधाद् भयाल्लोभाद् दैन्यादानार्यकात् तथा।
ह्रीतोऽनुक्रोशतो मानान्न वक्ष्यामि कथंचन ॥ ९० ॥

मैं काम, क्रोध, भय, लोभ, दैन्य, अनार्यता, लज्जा, दया तथा अभिमानसे किसी तरह कोई बात नहीं बोलूँगी ॥

[illegible] श्रोता च वाक्यं च यदा त्वविकलं नृप।
सममेति विवक्षायां तदा सोऽर्थः प्रकाशते ॥ ९१ ॥

नरेश्वर! बोलनेकी इच्छा होनेपर जब वक्ता, श्रोता और वाक्य—तीनों अविकलभावसे सम-स्थितिमें आ जाते हैं, [illegible] वक्ताका कहा हुआ अर्थ प्रकाशित होता है (श्रोताके समझमें [illegible] जाता है) ॥ ९१ ॥

वक्तव्ये [illegible] यदा वक्ता श्रोतारमवमन्य वै।
स्वार्थमाह परार्थं तत् तदा वाक्यं [illegible] रोहति ॥ ९२ ॥

जब बोलते समय वक्ता श्रोताकी अवहेलना करके दूसरेके लिये अपनी बात कहने लगता है, उस समय वह वाक्य श्रोताके हृदयमें प्रवेश नहीं करता है ॥ ९२ ॥

अथ यः स्वार्थमुत्सृज्य परार्थं ... मानवः ।
विशङ्का जायते तस्मिन् वाक्यं तदपि दोषवत् ॥ ९३ ॥

और जो मनुष्य स्वार्थ त्यागकर दूसरेके लिये कुछ कहता है, ... उसके प्रति श्रोताके हृदयमें आशङ्का उत्पन्न होती है, अतः वह ... भी दोषयुक्त ही है ॥ ९३ ॥

यस्तु वक्ता द्वयोरर्थमविरुद्धं प्रभाषते ।
श्रोतुश्चैवात्मनश्चैव ... वक्ता नेतरो नृप ॥ ९४ ॥

परंतु नरेश्वर ! जो वक्ता अपने और श्रोता दोनोंके लिये अनुकूल विषय ही बोलता है, वही वास्तवमें वक्ता है, दूसरा नहीं ॥ ९४ ॥

तदर्थवदिदं वाक्यमुपेतं वाक्यसम्पदा ।
अविक्षिप्तमना राजन्नेकाग्रः श्रोतुमर्हसि ॥ ९५ ॥

अतः राजन् ! आप स्थिरचित्त एवं एकाग्र होकर यह वाक्यसम्पत्तिसे युक्त सार्थक वचन सुनिये ॥ ९५ ॥

कासि कस्य कुतश्चेति त्वयाहमभिचोदिता ।
तत्रोत्तरमिदं वाक्यं राजन्नेकमनाः शृणु ॥ ९६ ॥

महाराज ! आपने मुझसे पूछा था कि आप कौन हैं, किसकी हैं और कहाँसे आयी हैं ? अतः इसके उत्तरमें मेरा यह कथन एकचित्त होकर सुनिये ॥ ९६ ॥

यथा ... काष्ठं च पांसवश्चोदबिन्दवः ।
संश्लिष्टानि ... राजन् प्राणिनामिह ... ॥ ९७ ॥

राजन् ! जैसे काठके साथ लाह और धूलके साथ पानीकी बूँदें मिलकर एक हो जाती हैं, उसी प्रकार इस जगत्में प्राणियोंका जन्म कई तत्त्वोंके मेलसे होता है ॥ ९७ ॥

शब्दः स्पर्शो रसो रूपं गन्धः पञ्चेन्द्रियाणि च ।
पृथगात्मान आत्मानं संश्लिष्टा जतुकाष्ठवत् ॥ ९८ ॥
... चैषां चोदना काचिदस्तीत्येष विनिश्चयः ।

शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध तथा पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ—ये आत्मासे पृथक् होनेपर भी काठमें सटे हुए लाहके समान आत्माके साथ जुड़े हुए हैं; परंतु इनमें स्वतन्त्र कोई प्रेरणा-शक्ति नहीं है । यही विद्वानोंका निश्चय है ॥ ९८½ ॥

एकैकस्येह विज्ञानं नास्त्यात्मनि तथा परे ॥ ९९ ॥
न वेद चक्षुश्चक्षुष्ट्वं श्रोत्रं नात्मनि वर्तते ।

इनमेंसे एक-एक इन्द्रियको न तो अपना ज्ञान है और न दूसरेका । नेत्र अपने नेत्रत्वको नहीं जानता । इसी प्रकार कान भी अपने विषयमें कुछ नहीं जानता ॥ ९९½ ॥

... व्यभिचारेण ... वर्तन्ते परस्परम् ॥ १०० ॥
प्रश्लिष्टं च न जानन्ति यथाऽऽप इव पांसवः ।

इसी तरह ये इन्द्रियाँ और विषय परस्पर एक दूसरेसे मिल-जुलकर भी नहीं जान सकते। जैसे कि जल और धूल परस्पर मिलकर भी अपने सम्मिश्रणको नहीं जानते ॥ १००½ ॥

बाह्यानन्यानपेक्षन्ते गुणांस्तानपि मे शृणु ॥ १०१ ॥
रूपं चक्षुः प्रकाशश्च दर्शने हेतवस्त्रयः ।

शरीरस्थ इन्द्रियाँ विषयोंका प्रत्यक्ष अनुभव करते ... अन्यान्य बाह्य गुणोंकी अपेक्षा रखती हैं । उन गुणोंको आप मुझसे सुनिये । रूप, नेत्र और प्रकाश—ये तीन किसी वस्तुको प्रत्यक्ष देखनेमें हेतु हैं ॥ १०१½ ॥

यथैवात्र तथान्येषु ज्ञानज्ञेयेषु हेतवः ॥ १०२ ॥
ज्ञानज्ञेयान्तरे तस्मिन् मनो नामापरो गुणः ।
विचारयति येनायं निश्चये साध्वसाधुनी ॥ १०३ ॥

जैसे प्रत्यक्ष दर्शनमें ये तीन हेतु हैं, उसी प्रकार अन्यान्य ... और ज्ञेयमें भी तीन-तीन हेतु जानने चाहिये । ... और ज्ञातव्य विषयोंके बीचमें किसी ज्ञानेन्द्रियके अतिरिक्त ... नामक एक दूसरा गुण भी रहता है, जिससे यह जीवात्मा किसी विषयमें भले-बुरेका निश्चय करनेके लिये विचार करता है ॥ १०२-१०३ ॥

द्वादशस्त्वपरस्तत्र बुद्धिर्नाम गुणः स्मृतः ।
येन संशयपूर्वेषु बोद्धव्येषु व्यवस्यति ॥ १०४ ॥

वहीं एक और बारहवाँ गुण भी है, जिसका नाम है बुद्धि । जिससे किसी ... विषयमें ... उत्पन्न होनेपर मनुष्य एक निश्चयपर पहुँचता है ॥ १०४ ॥

अथ द्वादशके तस्मिन् सत्त्वं नामापरो गुणः ।
महासत्त्वोऽल्पसत्त्वो वा जन्तुर्येनानुमीयते ॥ १०५ ॥

उस बारहवें गुण बुद्धिमें ... एक (तेरहवाँ) गुण है, जिससे महासत्त्व और अल्पसत्त्व प्राणीका अनुमान किया ... है ॥ १०५ ॥

अहं कर्तेति चाप्यन्यो गुणस्तत्र चतुर्दशः ।
ममायमिति येनायं मन्यते न ममेति च ॥ १०६ ॥

उस सत्त्वमें 'मैं कर्ता हूँ' ऐसे अभिमानसे युक्त अहंकार ... एक अन्य चौदहवाँ गुण है, जिससे जीवात्मा 'यह वस्तु मेरी है और यह वस्तु मेरी नहीं है' ऐसा ... है ॥

अथ पञ्चदशो राजन् गुणस्तत्रापरः स्मृतः ।
पृथक्कलासमूहस्य सामग्र्यं तदिहोच्यते ॥ १०७ ॥
गुणस्त्वेवापरस्तत्र संघात ... षोडशः ।

राजन् ! ... अहंकारमें वासना नामक एक गुण और माना ... है, जो पन्द्रहवाँ है । वहाँ पृथक्-पृथक् कलाओंके समूहकी जो समग्रता है, वह एक अन्य गुण है । वह संघातकी भाँति यहाँ सोलहवाँ कहा जाता है ॥ १०७½ ॥

प्रकृतिर्व्यक्तिरित्येतौ गुणौ यस्मिन् समाश्रितौ ॥ १०८ ॥

जिसमें प्रकृति (माया) और व्यक्ति (प्रकाश)—ये दो गुण आश्रित हैं (यहाँतक सत्र अठारह हुए) ॥ १०८ ॥

सुखासुखे जरामृत्यू लाभालाभौ प्रियाप्रिये ।
इति चैकोनविंशोऽयं द्वन्द्वयोग इति स्मृतः ॥ १०९ ॥

सुख और दुःख, जरा और मृत्यु, लाभ और हानि तथा प्रिय और अप्रिय इत्यादि द्वन्द्वोंका जो योग है, यह उन्नीसवाँ ... माना गया है ॥ १०९ ॥

ऊर्ध्वं चैकोनविंशत्या कालो नामापरो गुणः ।
इतीमं विद्धि विंशत्या भूतानां प्रभवाप्ययम् ॥११०॥

इस उन्नीसवें गुणसे परे कालनामक दूसरा गुण और है । इसे बीसवाँ गुण समझिये । इसीसे प्राणियोंकी उत्पत्ति और लय होते हैं ॥ ११० ॥

विंशकश्चैष संघातो महाभूतानि पञ्च च ।
सदसद्भावयोगौ तु गुणावन्यौ प्रकाशकौ ॥१११॥

इन बीस गुणोंका समुदाय एवं पाँच महाभूत [illegible] सद्भावयोग और असद्भावयोग—ये दो अन्य प्रकाशक गुण, ये सब मिलकर सत्ताईस हैं ॥ १११ ॥

इत्येवं विंशकश्चैव गुणाः सप्त च ये स्मृताः ।
विधिः शुक्रं बलं चेति त्रय एते गुणाः परे ॥११२॥

ये जो बीस और सात गुण बताये गये हैं, इनके सिवा तीन गुण और हैं—विधि[3], शुक्र[4] और बल[5] ॥ ११२ ॥

विंशतिर्दश चैवं हि गुणाः संख्यानतः स्मृताः ।
समग्रा [illegible] वर्तन्ते तच्छरीरमिति स्मृतम् ॥११३॥

इस प्रकार गणना करनेसे बीस और दस तीस गुण होते हैं । ये सारे-के-सारे गुण जहाँ विद्यमान हैं, उसको शरीर [illegible] गया है ॥ ११३ ॥

अव्यक्तं प्रकृतिं त्वासां कलानां कश्चिदिच्छति ।
व्यक्तं चासां तथा चान्यः स्थूलदर्शी प्रपश्यति ॥११४॥

कोई-कोई विद्वान् अव्यक्त प्रकृतिको इन तीस कलाओंका उपादान कारण मानते हैं । दूसरे स्थूलदर्शी विचारक व्यक्त अर्थात् परमाणुओंको कारण मानते हैं तथा कोई-कोई अव्यक्त और व्यक्तको अर्थात् प्रकृति और परमाणु—इन दोनोंको उनका उपादान कारण समझते हैं ॥ ११४ ॥

अव्यक्तं यदि वा व्यक्तं द्वयीमथ चतुष्टयीम् ।
प्रकृतिं सर्वभूतानां पश्यन्त्यध्यात्मचिन्तकाः ॥११५॥

अव्यक्त हो, व्यक्त हो, दोनों [illegible] अथवा चारों ([illegible] माया, जीव और अविद्या) कारण हों, अध्यात्मतत्त्वका चिन्तन करनेवाले विद्वान् प्रकृतिको ही सम्पूर्ण भूतोंका उपादान कारण समझते हैं ॥ ११५ ॥

येयं प्रकृतिरव्यक्ता कलाभिर्व्यक्ततां गता ।
अहं च त्वं च राजेन्द्र ये चाप्यन्ये शरीरिणः ॥११६॥

राजेन्द्र ! यह जो अव्यक्त प्रकृति सबका उपादान कारण है, यही पूर्वोक्त तीस कलाओंके रूपमें व्यक्तभावको प्राप्त हुई है । मैं, आप तथा जो अन्य शरीरधारी हैं, उन सबके शरीरोंकी उत्पत्ति प्रकृतिसे ही हुई है ॥ ११६ ॥

बिन्द्वन्यासादयोऽवस्थाः शुक्रशोणितसम्भवाः ।
यासामेव निपातेन कललं नाम जायते ॥११७॥

प्राणियोंकी वीर्यस्थापनासे लेकर रजोवीर्यसंयोगसम्भूत कुछ ऐसी अवस्थाएँ हैं, जिनके सम्मिश्रणसे ही 'कलल' नामक एक पदार्थ उत्पन्न होता है ॥ ११७ ॥

कललाद् बुद्बुदोत्पत्तिः पेशी च बुद्बुदात् स्मृता ।
पेश्यास्त्वङ्गाभिनिर्वृत्तिर्नखरोमाणि चाङ्गतः ॥११८॥

कललसे बुद्बुदकी उत्पत्ति होती है । बुद्बुदसे मांस-पेशीका प्रादुर्भाव माना गया है । पेशीसे विभिन्न अङ्गोंका निर्माण होता है और अङ्गोंसे रोमावलियाँ तथा नख प्रकट होते हैं ॥ ११८ ॥

सम्पूर्णे नवमे मासि जन्तोर्जातस्य मैथिल ।
जायते नामरूपत्वं स्त्री पुमान् वेति लिङ्गतः ॥११९॥

मिथिलानरेश ! गर्भमें नौ मास पूर्ण हो जानेपर जीव जन्म ग्रहण करता है । उस समय उसे नाम और रूप [illegible] होता है तथा वह विशेष प्रकारके चिह्नसे स्त्री अथवा पुरुष [illegible] जाता है ॥ ११९ ॥

जातमात्रं तु तद्रूपं दृष्ट्वा ताम्रनखाङ्गुलि ।
कौमारं रूपमापन्नं रूपतो नोपलभ्यते ॥१२०॥

जिस समय बालकका जन्म होता है, उस समय उसका जो रूप देखनेमें आता है, उसके नख और अङ्गुलियाँ ताँबेके समान लाल-लाल होती हैं, फिर जब वह कुमारावस्थाको प्राप्त होता है तो [illegible] पहलेका वह रूप नहीं उपलब्ध होता है ॥ १२० ॥

कौमाराद् यौवनं चापि स्थाविर्यं चापि यौवनात् ।
अनेन क्रमयोगेन पूर्वं पूर्वं न लभ्यते ॥१२१॥

इसी प्रकार कुमारावस्थासे जवानीको और जवानीसे बुढ़ापेको वह प्राप्त होता है । इस क्रमसे उत्तरोत्तर अवस्थामें पहुँचनेपर पूर्व-पूर्व अवस्थाका रूप नहीं देखनेमें आता है ॥

कलानां पृथगर्थानां प्रतिभेदः क्षणे क्षणे ।
वर्तते सर्वभूतेषु सौक्ष्म्यात् तु न विभाव्यते ॥१२२॥

सभी प्राणियोंमें विभिन्न प्रयोजनकी सिद्धिके लिये जो पूर्वोक्त कलाएँ हैं, उनके स्वरूपमें प्रतिक्षण भेद या परिवर्तन हो रहा है; परंतु वह इतना सूक्ष्म है कि जान नहीं पड़ता ॥ १२२ ॥

न चैषामत्ययो राजल्लँक्ष्यते प्रभवो न च ।
अवस्थायामवस्थायां दीपस्येवार्चिषो गतिः ॥१२३॥

राजन् ! प्रत्येक अवस्थामें इन कलाओंका लय और [illegible] होता रहता है, किंतु दिखायी नहीं देता है; ठीक उसी [illegible]

---

१. 'इह घटो अस्ति (यहाँ घड़ा है)'—इत्यादि रूपसे जो सत्तासूचक व्यवहार होता है, उसका नाम 'सद्भावयोग' है । २. 'इह घटो नास्ति (यहाँ घड़ा नहीं है)'—इत्यादि रूपसे जो असत्तासूचक व्यवहार होता है, वही 'असद्भावयोग' है । ३. यहाँ 'विधि' शब्दसे वासनाके बीजभूत धर्म और अधर्म समझने चाहिये । ४. वासनाका उद्बोधक संस्कार ही 'शुक्र' है । ५. वासनाके अनुसार विषयकी प्राप्तिके अनुकूल जो [illegible] है, वही 'बल' है ।

जैसे दीपककी लौ क्षण-क्षणमें मिटती और उत्पन्न होती रहती है, पर दिखायी नहीं देती ॥१२३॥

तस्याप्येवंप्रभावस्य सदश्वस्येव धावतः।
अजस्रं सर्वलोकस्य कः कुतो वा न वा कुतः ॥१२४॥
कस्येदं कस्य वा नेदं कुतो वेदं न वा कुतः।
सम्बन्धः कोऽस्ति भूतानां स्वैरप्यवयवैरिह ॥१२५॥

जैसे दौड़ता हुआ अच्छा घोड़ा इतनी तीव्र गतिसे एक स्थानको छोड़कर दूसरे स्थानपर पहुँच जाता है कि कुछ कहते नहीं बनता, उसी प्रकार यह प्रभावशाली लोक निरन्तर वेगपूर्वक एक अवस्थासे दूसरी अवस्थामें जा रहा है, अतः उसके विषयमें यह प्रश्न नहीं बन सकता कि 'कौन कहाँसे आता है और कौन कहाँसे नहीं आता है, यह किसका है? किसका नहीं है? किससे उत्पन्न हुआ है और किससे नहीं हुआ है। प्राणियोंका अपने अङ्गोंके साथ भी यहाँ क्या सम्बन्ध है?' अर्थात् कुछ भी सम्बन्ध नहीं है ॥ १२४-२५॥

यथाऽऽदित्यान्मणेश्चापि वीरुद्भ्यश्चैव पावकः।
जायन्त्येवं समुदयात् कलानामिव जन्तवः ॥१२६॥

जैसे सूर्यकी किरणोंका सम्पर्क पाकर सूर्यकान्तमणिसे आग प्रकट हो जाती है, परस्पर रगड़ खानेपर काठसे अग्निका प्रादुर्भाव हो जाता है, इसी प्रकार पूर्वोक्त कलाओंके समुदायसे जीव जन्म ग्रहण करते हैं ॥ १२६ ॥

आत्मन्येवात्मनाऽऽत्मानं यथा त्वमनुपश्यसि।
एवमेवात्मनाऽऽत्मानमन्यस्मिन् किं न पश्यसि॥१२७॥

जैसे आप स्वयं अपनेद्वारा अपनेहीमें आत्माका दर्शन करते हैं, उसी प्रकार अपनेद्वारा दूसरोंमें आत्माका दर्शन क्यों नहीं करते हैं? ॥ १२७ ॥

यद्यात्मनि परस्मिंश्च समतामध्यवस्यसि।
अथ मां कासि कस्येति किमर्थमनुपृच्छसि ॥१२८॥

यदि आप अपनेमें और दूसरेमें भी समभाव रखते हैं तो मुझसे बारबार क्यों पूछते हैं कि 'आप कौन हैं और किसकी हैं?' ॥ १२८ ॥

इदं मे स्यादिदं नेति द्वन्द्वैर्मुक्तस्य मैथिल।
कासि कस्य कुतो वेति वचनैः किं प्रयोजनम् ॥१२९॥

मिथिलानरेश! 'यह मुझे प्राप्त हो जाय, यह न हो!' इत्यादि रूपसे जो द्वन्द्वविषयक चिन्ता होती है, उससे यदि आप मुक्त हैं तो 'आप कौन हैं! किसकी हैं? अथवा कहाँसे आयी हैं?' इन वचनोंद्वारा प्रश्न करनेसे आपका क्या प्रयोजन है? ॥ १२९ ॥

रिपौ मित्रेऽथ मध्यस्थे विजये संधिविग्रहे।
कृतवान् यो महीपालः किं तस्मिन् मुक्तलक्षणम्॥१३०॥

शत्रु-मित्र और मध्यस्थके विषयमें, विजय, संधि और विग्रहके अवसरोंपर जिस भूपालने यथोचित कार्य किये हैं, उसमें जीवन्मुक्तका क्या लक्षण है? ॥ १३० ॥

त्रिवर्गं सप्तधा व्यक्तं यो न वेदेह कर्मसु।
सङ्गवान् यस्त्रिवर्गेण किं तस्मिन् मुक्तलक्षणम्॥१३१॥

धर्म, अर्थ और कामको त्रिवर्ग कहते हैं। यह सात रूपोंमें अभिव्यक्त होता है। जो कर्मोंमें इस त्रिवर्गको नहीं जानता तथा जो सदा त्रिवर्गसे सम्बन्ध रखता है, ऐसे पुरुषमें जीवन्मुक्तका क्या लक्षण है? ॥ १३१ ॥

प्रिये चाप्यप्रिये चापि दुर्बले बलवत्यपि।
यस्य नास्ति समं चक्षुः किं तस्मिन् मुक्तलक्षणम्॥१३२॥

प्रिय अथवा अप्रियमें, दुर्बल अथवा बलवान्‌में जिसकी समदृष्टि नहीं है, उसमें मुक्तका क्या लक्षण है? ॥ १३२ ॥

तदयुक्तस्य ते मोक्षे योऽभिमानो भवेन्नृप।
सुहृद्भिः संनिवार्यस्तेऽविरक्तस्येव भेषजम् ॥१३३॥

नरेश्वर! वास्तवमें आप योगयुक्त नहीं हैं तथापि आपको जो जीवन्मुक्तिका अभिमान हो रहा है, वह आपके सुहृदोंको दूर कर देना चाहिये अर्थात् यह नहीं मानना चाहिये कि आप जीवन्मुक्त हैं, ठीक उसी तरह जैसे अपथ्यशील रोगीको दवा देना बंद कर दिया जाता है ॥ १३३ ॥

तानि तानि तु संचिन्त्य सङ्गस्थानान्यरिंदम।
आत्मनाऽऽत्मनि सम्पश्येत् किमन्यन्मुक्तलक्षणम्॥१३४॥

शत्रुओंका दमन करनेवाले महाराज! नाना प्रकारके जो-जो पदार्थ हैं, उन सबको आसक्तिके स्थान समझकर अपनेद्वारा अपनेहीमें अपनेको देखे। इसके सिवा मुक्तका और क्या लक्षण हो सकता है? ॥ १३४ ॥

इमान्यन्यानि सूक्ष्माणि मोक्षमाश्रित्य कानिचित्।
चतुरङ्गप्रवृत्तानि सङ्गस्थानानि मे शृणु ॥१३५॥

राजन्! अपने मोक्षका आश्रय लेकर भी ये और दूसरे जो कुछ चार अङ्गोंमें प्रवृत्त आसक्तिके जो सूक्ष्म स्थान हैं, उनको भी अपना रखा है, उन्हें बताती हूँ, आप मुझसे सुनें ॥

य इमां पृथिवीं कृत्स्नामेकच्छत्रां प्रशास्ति ह।
एक एव स वै राजा पुरमध्यावसत्युत ॥१३६॥

जो इस सारी पृथ्वीका एकच्छत्र शासन करता है, वह एक ही सार्वभौम नरेश भी एकमात्र नगरमें ही निवास करता है ॥ १३६ ॥

तत्पुरे चैकमेवास्य गृहं यदधितिष्ठति।
गृहे शयनमप्येकं निशायां यत्र लीयते ॥१३७॥

उस नगरमें भी उसके लिये एक ही महल होता है, जिसमें वह निवास करता है। उस महलमें भी उसके लिये एक ही शय्या होती है, जिसपर वह रातमें सोता है ॥१३७॥

शय्यार्धं तस्य चाप्यत्र स्त्रीपूर्वमधितिष्ठति।
तदनेन प्रसङ्गेन फलेनैवेह युज्यते ॥१३८॥

उस शय्याके भी आधे भागपर राजाकी स्त्रीका अधिकार होता है; अतः इस प्रसङ्गसे वह बहुत अल्प फलका ही भागी होता है ॥ १३८ ॥

एवमेवोपभोगेषु भोजनाच्छादनेषु च ।
गुणेषु परिमेयेषु निग्रहानुग्रहं प्रति ॥१३९॥
परतन्त्रः सदा राजा स्वल्पेष्वपि प्रसज्जते ।
संधिविग्रहयोगे च कुतो राज्ञः स्वतन्त्रता ॥१४०॥

इसी प्रकार उपभोग, भोजन, आच्छादन तथा अन्यान्य परिमित विषयोंके सेवनमें और दुष्टोंके दमन एवं शिष्ट पुरुषोंके प्रति अनुग्रहके विषयमें भी राजा सदा ही परतन्त्र है। इसी प्रकार वह बहुत थोड़े कार्योंमें भी स्वतन्त्र नहीं है तो भी उनमें आसक्त रहता है। संधि और विग्रह करनेमें भी राजाको कहाँ स्वतन्त्रता प्राप्त है ? ॥ १३९-१४० ॥

स्त्रीषु क्रीडाविहारेषु नित्यमस्यास्वतन्त्रता ।
मन्त्रे चामात्यसमितौ कुतस्तस्य स्वतन्त्रता ॥१४१॥

स्त्री सहवास, क्रीड़ा और विहारमें भी उसे सदा परतन्त्रता रहती है। मन्त्रियोंकी सभामें बैठकर मन्त्रणा करते समय भी उसे कहाँ स्वतन्त्रता रहती है ॥ १४१ ॥

यदा ह्याज्ञापयत्यन्यांस्तत्रास्योक्ता स्वतन्त्रता ।
अवशः कार्यते तत्र तस्मिंस्तस्मिन् क्षणे स्थितः ॥१४२॥

राजा जिस समय दूसरोंको कुछ करनेकी आज्ञा देता है, [illegible] समय वहाँ उसकी स्वतन्त्रता बतायी जाती है; परंतु ऐसे अवसरोंपर भी भिन्न-भिन्न क्षणोंमें राजासनपर बैठा हुआ नरेश सलाह देनेवाले मन्त्रियोंद्वारा अपनी इच्छाके विपरीत करनेके लिये विवश कर दिया जाता है ॥ १४२ ॥

स्वप्नकामो न लभते स्वप्तुं कार्यार्थिभिर्जनैः ।
शयने चाप्यनुज्ञातः सुप्त उत्थाप्यतेऽवशः ॥१४३॥

वह सोना चाहता है, परंतु कार्यार्थी मनुष्योंद्वारा घिरा रहनेके कारण सोने नहीं पाता । शय्यापर सोये हुए राजाको भी लोगोंके अनुरोधसे विवश होकर उठना पड़ता है ॥१४३॥

स्नाह्यालभ पिब प्राश जुहुध्यग्नीन् यजेत्यपि ।
ब्रवीहि शृणु चापीति विवशः कार्यते परैः ॥१४४॥

'महाराज ! स्नान कीजिये, तेल लगवाइये, पानी पीजिये, भोजन कीजिये, आहुति दीजिये, अग्निहोत्रमें संलग्न होइये, अपनी कहिये और दूसरोंकी सुनिये ।' इत्यादि बातें कह-कहकर दूसरे लोग राजाको वैसा करनेके लिये विवश कर देते हैं॥

अभिगम्याभिगम्यैवं याचन्ते सततं नराः ।
न चाप्युत्सहते दातुं वित्तरक्षी महाजनान् ॥१४५॥

याचक मनुष्य सदा निकट आ-आकर राजासे धनकी याचना करते हैं; किंतु जो लोग दानके श्रेष्ठ पात्र हैं, उनके लिये भी वह कुछ देनेका साहस नहीं करता। अपने धनको सर्वथा सुरक्षित रखना चाहता है ॥ १४५ ॥

दाने कोषक्षयोऽप्यस्य वैरं चास्याप्रयच्छतः ।
क्षणेनास्योपवर्तन्ते दोषा वैराग्यकारकाः ॥१४६॥

यदि सबको धनका दान करे तो उसका खजाना ही खाली हो जाय और किसीको कुछ न दे तो सबके साथ वैर बढ़ जाय। उसके सामने क्षण क्षणमें ऐसे दोष उपस्थित होते हैं, जो उसे राज-काजसे विरक्त कर देते हैं ॥ १४६ ॥

प्राज्ञाञ्शूरांस्तथैवाढ्यानेकस्थानपि शङ्कते ।
भयमप्यभये राज्ञो यैश्च नित्यमुपास्यते ॥१४७॥

विद्वानों, शूरवीरों तथा धनियोंको भी जब वह एक स्थानपर जुटा हुआ देख लेता है, तब उसके मनमें उनके प्रति शङ्का उत्पन्न हो जाती है। जहाँ भयका कोई कारण नहीं है, वहाँ भी राजाको भय होता है। जो लोग सदा उसके पास उठते-बैठते या सेवामें रहते हैं, उनसे भी वह सशङ्क बना रहता है ॥ १४७ ॥

तथा चैते प्रदुष्यन्ति राजन् ये कीर्तिता मया ।
तथैवास्य भयं तेभ्यो जायते पश्य यादृशम् ॥१४८॥

राजन् ! मैंने जिनका नाम लिया है, वे विद्वान् और शूरवीर आदि अपने प्रति राजाकी आशङ्का देखकर सचमुच ही उसके प्रति दुर्भाव रखने लगते हैं और फिर उनसे राजाको जैसा भय प्राप्त होता है, उसको आप स्वयं ही [illegible] लें॥

सर्वः स्वे स्वे गृहे राजा सर्वः स्वे स्वे गृहे गृही ।
निग्रहानुग्रहान् कुर्वंस्तुल्यो जनक राजभिः ॥१४९॥

[illegible] ! सब लोग अपने-अपने घरमें राजा हैं और सभी अपने अपने घरमें गृहस्वामी हैं, सभी किसीको दण्ड देते और किसीपर अनुग्रह करते हैं; अतः वे [illegible] लोग राजाओंके [illegible] ही हैं ॥ १४९ ॥

पुत्रा दारास्तथैवात्मा कोशो मित्राणि संचयाः ।
परैः साधारणा ह्येते तैस्तैरेवास्य हेतुभिः ॥१५०॥

स्त्री, पुत्र, शरीर, कोष, मित्र [illegible] संग्रह—ये सब वस्तुएँ राजाओंकी भाँति दूसरोंके पास भी साधारणतया रहते ही हैं। जिन कारणोंसे वह राजा कहलाता है, उन्हीं युक्तियोंसे दूसरे लोग भी उसके समान ही कहे जा सकते हैं ॥ १५० ॥

हतो देशः पुरं दग्धं प्रधानः कुञ्जरो मृतः ।
लोकसाधारणेष्वेषु मिथ्याज्ञानेन तप्यते ॥१५१॥

'हाय ! देश [illegible] हो गया, सारा नगर आगसे जल गया और वह प्रधान हाथी मर गया ।' यद्यपि ये सब बातें सब लोगोंके लिये साधारण हैं—सबपर समान रूपसे ये कष्ट प्राप्त होते हैं तथापि राजा अपने मिथ्याज्ञानके कारण केवल अपनी ही हानि समझकर संतप्त होता रहता है ॥ १५१ ॥

अमुक्तो मानसैर्दुःखैरिच्छाद्वेषभयोद्भवैः ।
शिरोरोगादिभी रोगैस्तथैवाभिनियन्तृभिः ॥१५२॥

इच्छा, द्वेष और भयजनित मानसिक दुःख राजाको कभी नहीं छोड़ते हैं। सिरदर्द आदि शारीरिक रोग भी उसे सब ओरसे नियन्त्रणमें रखकर व्याकुल किये रहते हैं ॥ १५२ ॥

द्वन्द्वैस्तैस्तैरुपहतः सर्वतः परिशङ्कितः ।
बहुप्रत्यर्थिकं राज्यमुपास्ते गणयन्निशाः ॥१५३॥

वह नाना प्रकारके द्वन्द्वोंसे आहत और [illegible] ओरसे

शङ्कित हो रातें गिनता हुआ अनेक शत्रुओंसे भरे हुए राज्यका सेवन करता है ॥ १५३ ॥

तदल्पसुखमत्यर्थं बहुदुःखमसारवत् ।
तृणाग्निज्वलनप्रख्यं फेनबुद्बुदसंनिभम् ॥१५४॥
को राज्यमभिपद्येत [illegible] चोपशमं लभेत् ।

जिसमें सुख तो बहुत थोड़ा, किंतु दुःख बहुत अधिक है, जो सर्वथा सारहीन है, जो घास-फूसमें लगी आगके समान क्षणस्थायी और फेन तथा बुद्बुदके समान क्षणभङ्गुर है, ऐसे राज्यको कौन ग्रहण करेगा ? और ग्रहण [illegible] लेनेपर कौन शान्ति पा [illegible] है ? ॥ १५४½ ॥

ममेदमिति यच्चेदं पुरं राष्ट्रं च मन्यसे ॥१५५॥
बलं कोशममात्यांश्च कस्यैतानि न वा नृप ।

नरेश्वर ! आप जो इस नगरको, राष्ट्रको, सेनाको [illegible] कोष और मन्त्रियोंको भी 'ये सब मेरे हैं' ऐसा कहते हुए अपना मानते हैं, वह [illegible] [illegible] ही है । [illegible] पूछती हूँ, ये सब किसके हैं और किसके नहीं [illegible] ? ॥ १५५½ ॥

मित्रामात्यपुरं राष्ट्रं दण्डः कोशो महीपतिः ॥१५६॥
सप्ताङ्गस्यास्य राज्यस्य त्रिदण्डस्येव तिष्ठतः ।
अन्योन्यगुणयुक्तस्य [illegible] केन गुणतोऽधिकः ॥१५७॥

मित्र, मन्त्री, नगर, राष्ट्र, दण्ड, कोष और राजा—ये राज्यके [illegible] अङ्ग हैं । जैसे मेरे हाथमें त्रिदण्ड है, वैसे आपके हाथमें यह राज्य स्थित है । आपका सात अङ्गोंवाला राज्य और मेरा त्रिदण्ड—ये दोनों परस्पर उत्कृष्ट गुणोंसे युक्त हैं। फिर इनमेंसे कौन किस गुणके कारण अधिक है ? ॥१५६-१५७॥

तेषु तेषु हि कालेषु तत्तदङ्गं विशिष्यते ।
येन यत् सिध्यते कार्यं तत् प्राधान्याय कल्पते ॥१५८॥

राज्यके जो [illegible] अङ्ग हैं, उनमें सभी समय-समयपर अपनी विशिष्टता सिद्ध करते हैं । जिस अङ्गसे जो कार्य सिद्ध होता है, उसके लिये उसीकी प्रधानता मानी जाती है ॥१५८॥

सप्ताङ्गश्चैव संघातस्त्रयश्चान्ये नृपोत्तम ।
सम्भूय दशवर्गोऽयं भुङ्क्ते राज्यं हि राजवत् ॥१५९॥

नृपश्रेष्ठ ! [illegible] सात अङ्गोंका समुदाय और तीन अन्य शक्तियाँ (प्रभु-शक्ति, उत्साहशक्ति और मन्त्रशक्ति)—ये सब मिलकर राज्यके दस वर्ग [illegible] । ये दसों वर्ग संगठित होकर राजाके समान ही राज्यका उपभोग करते हैं ॥ १५९ ॥

[illegible] राजा महोत्साहः क्षत्रधर्मे रतो भवेत् ।
स तुष्येद् दशभागेन ततस्त्वन्यो दशावरैः ॥१६०॥

जो राजा महान् उत्साही और क्षत्रिय-धर्ममें तत्पर होता है, वह 'कर'के रूपमें प्रजाकी आयका दसवाँ भाग लेकर संतुष्ट हो जाता है तथा उससे भिन्न साधारण भूपाल दसवें भागसे कम लेकर भी संतोष कर लेते हैं ॥ १६० ॥

नास्त्यसाधारणो राजा नास्ति राज्यमराजकम् ।
राज्येऽसति कुतो धर्मो धर्मेऽसति कुतः परम् ॥१६१॥

साधारण प्रजा न हो तो कोई राजा नहीं हो सकता । [illegible] न हो तो [illegible] नहीं टिक सकता । राज्य न हो तो धर्म कैसे रह सकता है और धर्म न हो तो परमात्माकी प्राप्ति कैसे हो सकती है ? ॥ १६१ ॥

योऽप्यत्र परमो धर्मः पवित्रं राजराज्ययोः ।
पृथिवी दक्षिणा [illegible] सोऽश्वमेधेन युज्यते ॥१६२॥

यहाँ राजा और राज्यके लिये जो परम धर्म और परम पवित्र वस्तु है, उसे सुनिये । जिसकी पृथ्वी दक्षिणारूपमें दे दी जाती है अर्थात् जो अपनी राज्यभूमिका दान कर देता है, वह अश्वमेध यज्ञके पुण्यफलका भागी होता है ॥ १६२ ॥

साहमेतानि कर्माणि राजदुःखानि मैथिल ।
समर्था शतशो वक्तुमथवापि सहस्रशः ॥१६३॥

मिथिलानरेश ! जो राजाको दुःख देनेवाले हैं, ऐसे सैकड़ों और हजारों कर्म [illegible] यहाँ बता सकती हूँ ॥ १६३ ॥

स्वदेहेनाभिषङ्गो [illegible] कुतः परपरिग्रहे ।
[illegible] मामेवंविधां युक्तामीदृशं वक्तुमर्हसि ॥१६४॥

मेरी तो अपने ही शरीरमें आसक्ति नहीं है, फिर दूसरेके शरीरमें कैसे हो सकती है ? इस प्रकार योगयुक्त रहनेवाली मुझ संन्यासिनीके प्रति आपको ऐसी बात नहीं कहनी चाहिये १६४

ननु नाम त्वया मोक्षः [illegible] पञ्चशिखाच्छ्रुतः ।
सोपायः सोपनिषदः सोपासङ्गः सनिश्चयः ॥१६५॥
[illegible] ते मुक्तसङ्गस्य पाशानाक्रम्य तिष्ठतः ।
छत्रादिषु विशेषेषु पुनः सङ्गः कथं नृप ॥१६६॥

नरेश्वर ! जब आपने महर्षि पञ्चशिखाचार्यसे उपाय (निदिध्यासन), उपनिषद् (उसके श्रवण-मनन), उपासङ्ग (यम-नियम आदि योगाङ्ग) और निश्चय (ब्रह्म और जीवात्माकी एकताका अनुभव)—इन सबके सहित सम्पूर्ण मोक्षशास्त्रका श्रवण किया है, आप आसक्तियोंसे मुक्त हो गये हैं और सम्पूर्ण बन्धनोंको काटकर खड़े हैं, [illegible] आपकी छत्र-चँवर आदि विशेष-विशेष वस्तुओंमें आसक्ति कैसे हो रही है ? ॥ १६५-१६६ ॥

श्रुतं ते न श्रुतं मन्ये मृषा वापि श्रुतं श्रुतम् ।
अथवा श्रुतसंकाशं श्रुतमन्यच्छ्रुतं त्वया ॥१६७॥

[illegible] समझती हूँ कि आपने पञ्चशिखाचार्यसे शास्त्रका श्रवण करके भी श्रवण नहीं किया है अथवा उनसे यदि कोई शास्त्र सुना है तो उसे सुनकर भी मिथ्या कर दिया है; [illegible] यह भी हो सकता है कि आपने वेद-शास्त्र-जैसा प्रतीत होनेवाला कोई और ही शास्त्र उनसे सुना हो ॥ १६७ ॥

अथापीमासु संज्ञासु लौकिकीषु प्रतिष्ठसे ।
अभिषङ्गावरोधाभ्यां बद्धस्त्वं प्राकृतो यथा ॥१६८॥

इतनेपर भी यदि आप 'विदेहराज' 'मिथिलापति' आदि इन लौकिक नामोंमें ही प्रतिष्ठित हो रहे हैं तो आप दूसरे साधारण मनुष्योंकी भाँति आसक्ति और अवरोधसे ही [illegible] हुए हैं ॥ १६८ ॥

सत्त्वेनानुप्रवेशो हि योऽयं त्वयि कृतो मया ।
किं तवापकृतं तत्र यदि मुक्तोऽसि सर्वशः ॥१६९॥

यदि आप सर्वथा मुक्त हैं तो मैंने जो बुद्धिके द्वारा आपके भीतर प्रवेश किया है, इसमें आपका क्या अपराध किया है ? ॥ १६९ ॥

नियमो ह्येषु वर्णेषु यतीनां शून्यवासिता ।
शून्यमावेशयन्त्या च मया किं कस्य दूषितम् ॥१७०॥

इन सभी वर्णोंमें यह नियम प्रसिद्ध है कि संन्यासियोंको एकान्त स्थानमें रहना चाहिये । मैंने भी आपके शून्य शरीरमें निवास करके किसकी किस वस्तुको दूषित कर दिया है ? ॥१७०॥

न पाणिभ्यां न बाहुभ्यां पादोरुभ्यां न चानघ ।
न गात्रावयवैरन्यैः स्पृशामि त्वां नराधिप ॥१७१॥

निष्पाप नरेश ! न तो हाथोंसे, न भुजाओंसे, न पैरोंसे, न जाँघोंसे और न शरीरके दूसरे ही अवयवोंसे मैं आपका स्पर्श कर रही हूँ ॥ १७१ ॥

कुले महति जातेन ह्रीमता दीर्घदर्शिना ।
नैतत्सदसि वक्तव्यं सद्वासद्वा मिथः कृतम् ॥१७२॥

आप महान् कुलमें उत्पन्न, लज्जाशील तथा दीर्घदर्शी पुरुष हैं । हम दोनोंने परस्पर भला या बुरा जो कुछ भी किया है, उसे आपको इस भरी सभामें नहीं कहना चाहिये ॥

ब्राह्मणा गुरवश्चेमे तथा मान्या गुरूत्तमाः ।
त्वं चाथ गुरुरप्येषामेवमन्योन्यगौरवम् ॥१७३॥

यहाँ ये सभी वर्णोंके गुरु ब्राह्मण विद्यमान हैं । इन गुरुओंकी अपेक्षा भी उत्तम कितने ही माननीय महापुरुष यहाँ बैठे हैं तथा आप भी राजा होनेके कारण इन सबके लिये गुरुस्वरूप हैं । इस प्रकार आप सबका गौरव एक दूसरेपर अवलम्बित है ॥ १७३ ॥

तदेवमनुसंदृश्य वाच्यावाच्यं परीक्षता ।
स्त्रीपुंसोः समवायोऽयं त्वया वाच्यो न संसदि ॥१७४॥

अतः इस प्रकार विचार करके यहाँ क्या कहना चाहिये और क्या नहीं, इसको जाँच-बूझ लेना आवश्यक है । इस भरी सभामें आपको स्त्री-पुरुषोंके संयोगकी चर्चा कदापि नहीं करनी चाहिये ॥ १७४ ॥

यथा पुष्करपर्णस्थं जलं तत्पर्णमस्पृशत् ।
तिष्ठत्यस्पृशती तद्वत् त्वयि वत्स्यामि मैथिल ॥१७५॥

मिथिलानरेश ! जैसे कमलके पत्तेपर पड़ा हुआ जल उस पत्तेका स्पर्श नहीं करता है, उसी प्रकार मैं आपका स्पर्श न करती हुई आपके भीतर निवास करूँगी ॥ १७५ ॥

यदि वाप्यस्पृशन्त्या मे स्पर्शं जानासि कञ्चन ।
ज्ञानं कृतमबीजं ते कथं तेनेह भिक्षुणा ॥१७६॥

यद्यपि मैं स्पर्श नहीं कर रही हूँ तो भी यदि आप मेरे स्पर्शका अनुभव करते हैं तो मुझे यह कहना पड़ता है कि उन संन्यासी महात्मा पञ्चशिखने आपको ज्ञानका उपदेश क्या कर दिया ? क्योंकि आपने उसे निर्बीज कर दिया ? ॥ १७६ ॥

स गार्हस्थ्याच्च्युतश्च त्वं मोक्षं चानाप्य दुर्विदम् ।
उभयोरन्तराले वै वर्तसे मोक्षवार्तिकः ॥१७७॥

परस्त्रीके स्पर्शका अनुभव करनेके कारण आप गार्हस्थ्य-धर्मसे तो गिर गये और दुर्बोध एवं दुर्लभ मोक्ष भी नहीं पा सके, अतः केवल मोक्षकी बात करते हुए आप गार्हस्थ्य और मोक्ष दोनोंके बीचमें लटक रहे हैं ॥ १७७ ॥

न हि मुक्तस्य मुक्तेन ज्ञस्यैकत्वपृथक्त्वयोः ।
भावाभावसमायोगे जायते वर्णसंकरः ॥१७८॥

जीवन्मुक्त ज्ञानीका जीवन्मुक्त ज्ञानीके साथ, एकत्वका पृथक्त्वके साथ तथा भाव (आत्मा) का अभाव (प्रकृति) के साथ संयोग होनेपर वर्णसंकरताकी उत्पत्ति नहीं हो सकती ॥

वर्णाश्रमाः पृथक्त्वेन दृष्टार्थस्यापृथक्त्विनः ।
नान्यदन्यदिति ज्ञात्वा नान्यदन्यत्र वर्तते ॥१७९॥

मैं मानती हूँ कि समस्त वर्ण और आश्रम पृथक् पृथक् बताये गये हैं । तथापि जिसे ब्रह्मका साक्षात्कार हो गया है, जो अभेदज्ञानसे सम्पन्न है और यह जानकर सारा बर्ताव करता है कि आत्मासे भिन्न दूसरी किसी वस्तुकी सत्ता नहीं है तथा अन्य वस्तु अपनेसे भिन्न दूसरी वस्तुमें विद्यमान नहीं है, उसका किसी अन्यके साथ संयोग होना सम्भव नहीं है; अतः वर्णसंकरता नहीं हो सकती ॥ १७९ ॥

पाणौ कुण्डं तथा कुण्डे पयः पयसि मक्षिका ।
आश्रिताश्रययोगेन पृथक्त्वेनाश्रिताः पुनः ॥१८०॥

हाथमें कुंडी है, कुंडीमें दूध है और दूधमें मक्खी पड़ी हुई है । ये तीनों परस्पर पृथक् होते हुए भी आधाराधेय-भाव सम्बन्धसे एक दूसरेके आश्रित हो एक साथ हो गये हैं ॥१८०॥

न तु कुण्डे पयोभावः पयश्चापि न मक्षिका ।
स्वयमेवाप्नुवन्त्येते भावा न तु पराश्रयम् ॥१८१॥

फिर भी कुंडीमें दुग्धत्व नहीं आया है और दूध भी मक्खी नहीं बन गया है । ये सारे आधेय पदार्थ स्वयं ही अपनेसे भिन्न आधारको प्राप्त होते हैं ॥ १८१ ॥

पृथक्त्वादाश्रमाणां च वर्णान्यत्वे तथैव च ।
परस्परपृथक्त्वाच्च कथं ते वर्णसंकरः ॥१८२॥

सारे आश्रम पृथक्-पृथक् हैं तथा चारों वर्ण भी भिन्न हैं । जब इनमें परस्पर पार्थक्य बना हुआ है, तब पृथक्त्वको जाननेवाले आपके वर्णका संकर कैसे हो सकता है ? ॥ १८२ ॥

नास्मि वर्णोत्तमा जात्या न वैश्या नावरा तथा ।
तव राजन् सवर्णास्मि शुद्धयोनिरविप्लुता ॥१८३॥

राजन् ! मैं जातिसे ब्राह्मणी नहीं हूँ और न वैश्या अथवा शूद्रा ही हूँ । मैं तो आपके समान वर्णवाली क्षत्रिया ही हूँ । मेरा जन्म शुद्ध वंशमें हुआ है और मैंने अखण्ड ब्रह्मचर्यका पालन किया है ॥ १८३ ॥

प्रधानो नाम राजर्षिर्व्यक्तं ते श्रोत्रमागतः ।
कुले तस्य समुत्पन्नां सुलभां नाम विद्धि माम् ॥१८४॥

आपने प्रधान नामक राजर्षिका नाम अवश्य सुना होगा। [illegible] उन्हींके कुलमें उत्पन्न हुई हूँ। आपको मालूम होना चाहिये कि मेरा नाम सुलभा है ॥ १८४ ॥

द्रोणश्च शतशृङ्गश्च चक्रद्वारश्च पर्वतः।
मम सत्रेषु पूर्वेषां चिता [illegible] ॥१८५॥

मेरे पूर्वजोंके यज्ञोंमें देवराज इन्द्रके सहयोगसे द्रोण, शतशृङ्ग और चक्रद्वार नामक पर्वत यज्ञवेदीमें ईंटोंकी जगह चुने गये थे ॥ १८५ ॥

साहं तस्मिन् कुले जाता भर्तर्यसति मद्विधे।
विनीता मोक्षधर्मेषु चराम्येका मुनिव्रतम् ॥१८६॥

मेरा जन्म उसी महान् कुलमें हुआ है। मैंने अपने योग्य पतिके न मिलनेपर मोक्षधर्मकी शिक्षा ली तथा मुनिव्रत धारण करके [illegible] अकेली विचरती रहती हूँ ॥ १८६ ॥

नास्मि सत्रप्रतिच्छन्ना न परस्वापहारिणी।
[illegible] धर्मसंकरकरी स्वधर्मेऽस्मि धृतव्रता ॥१८७॥

मैंने संन्यासिनीका छद्मवेष नहीं धारण किया है। मैं पराये धनका अपहरण नहीं करती हूँ और न धर्मसंकरता ही फैलाती हूँ। मैं दृढतापूर्वक ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करती हुई अपने धर्ममें स्थित रहती हूँ ॥ १८७ ॥

नास्थिरा स्वप्रतिज्ञायां नासमीक्ष्य प्रवादिनी।
नासमीक्ष्यागता चेह त्वत्सकाशं जनाधिप ॥१८८॥

जनेश्वर! मैं अपनी प्रतिज्ञासे कभी विचलित नहीं होती हूँ। बिना सोचे-समझे कोई बात नहीं बोलती हूँ और आपके पास भी यहाँ खूब सोच-विचारकर ही आयी हूँ ॥ १८८ ॥

मोक्षे ते भावितां बुद्धिं श्रुत्वाहं कुशलैषिणी।
[illegible] मोक्षस्य [illegible] जिज्ञासार्थमिहागता ॥१८९॥

मैंने सुना था कि आपकी बुद्धि मोक्षधर्ममें लगी हुई है, [illegible] आपकी मङ्गलाकाङ्क्षिणी होकर आपके इस मोक्षज्ञानका मर्म जाननेके लिये [illegible] यहाँ आयी हूँ ॥ १८९ ॥

न वर्गस्था ब्रवीम्येतत् स्वपक्षपरपक्षयोः।
मुक्तो व्यायच्छते यश्च शान्तौ यश्च न शाम्यति ॥१९०॥

मैं स्वपक्ष और परपक्षमेंसे अपने पक्षमें स्थित हो पक्षपातपूर्वक [illegible] [illegible] नहीं [illegible] रही हूँ, आपके हितको दृष्टिमें रखकर बोलती हूँ; क्योंकि जो वाणीका व्यायाम नहीं करता और जो शान्त परब्रह्ममें निमग्न रहता है, वही मुक्त है ॥

[illegible] शून्ये पुरागारे भिक्षुरेकां निशां वसेत्।
तथाहं त्वच्छरीरेऽस्मिन्निमां वत्स्यामि शर्वरीम् ॥१९१॥

जैसे नगरके किसी सूने घरमें संन्यासी एक रात निवास [illegible] लेता है, इसी तरह आपके [illegible] शरीरमें [illegible] आजकी [illegible] रहूँगी ॥ १९१ ॥

साहं मानप्रदानेन वागातिथ्येन चार्चिता।
[illegible] सुशरणं प्रीता श्वो गमिष्यामि मैथिल ॥१९२॥

आपने मुझे बड़ा [illegible] दिया। अपनी वाणीरूप आतिथ्यके द्वारा मेरा भलीभाँति सत्कार किया। मिथिलानरेश! [illegible] [illegible] प्रसन्नतापूर्वक आपके शरीररूपी सुन्दर गृहमें सोकर कल सबेरे यहाँसे चली जाऊँगी ॥ १९२ ॥

भीष्म उवाच

इत्येतानि [illegible] वाक्यानि हेतुमन्त्यर्थवन्ति च।
[illegible] नाधिजगौ राजा किञ्चिदन्यदतः परम् ॥१९३॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! सुलभाके ये युक्तियुक्त और सार्थक वचन सुनकर राजा जनक इसके बाद और कोई [illegible] नहीं बोले ॥ १९३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि सुलभाजनकसंवादे विंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें सुलभा और जनकका संवादविषयक तीन सौ बीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३२० ॥

एकविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

व्यासजीका अपने पुत्र शुकदेवको वैराग्य और धर्मपूर्ण उपदेश देते हुए सावधान करना

युधिष्ठिर उवाच

कथं निर्वेदमापन्नः शुको वैयासकिः पुरा।
एतदिच्छाम्यहं श्रोतुं परं कौतूहलं हि मे ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! पूर्वकालमें व्यासपुत्र शुकदेवको किस प्रकार वैराग्य [illegible] हुआ [illegible]! मैं यह सुनना चाहता हूँ। इस विषयमें मुझे बड़ा कौतूहल हो रहा है ॥ १ ॥

अव्यक्तव्यक्ततत्त्वानां निश्चयं बुद्धिनिश्चयम्।
वक्तुमर्हसि कौरव्य देवस्याजस्य या कृतिः ॥ २ ॥

कुरुनन्दन! इसके सिवा आप मुझे व्यक्त और अव्यक्त तत्त्वोंका बुद्धिद्वारा निश्चित किया हुआ स्वरूप बतलाइये तथा अजन्मा भगवान् नारायणका जो चरित्र है, उसे भी सुनानेकी कृपा करें ॥ २ ॥

भीष्म उवाच

प्राकृतेन सुवृत्तेन चरन्तमकुतोभयम्।
अध्याप्य कृत्स्नं स्वाध्यायमन्वशाद् वै पिता सुतम् ॥३॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! पुत्र शुकदेवको साधारण लोगोंकी भाँति आचरण करते और सर्वथा निर्भय विचरते देख पिता श्रीव्यासजीने [illegible] सम्पूर्ण वेदोंका अध्ययन [illegible] और फिर यह उपदेश दिया ॥ ३ ॥

व्यास उवाच

धर्मे पुत्र निषेवस्व सुतीक्ष्णौ च हिमातपौ ।
क्षुत्पिपासे च वायुं च जय नित्यं जितेन्द्रियः ॥ ४ ॥

व्यासजीने कहा—बेटा ! तुम सदा धर्मका सेवन करते रहो और जितेन्द्रिय होकर कड़ीसे कड़ी सर्दी, गर्मी, भूख-प्यासको सहन करते हुए प्राणवायुपर विजय प्राप्त करो ॥ ४ ॥

सत्यमार्जवमक्रोधमनसूयां दमं तपः ।
अहिंसां चानृशंस्यं च विधिवत् परिपालय ॥ ५ ॥

सत्य, सरलता, अक्रोध, दोषदर्शनका अभाव, इन्द्रिय-संयम, तप, अहिंसा और दया आदि धर्मोंका विधिपूर्वक पालन करो ॥ ५ ॥

सत्ये तिष्ठ रतो धर्मे हित्वा सर्वमनार्जवम् ।
देवतातिथिशेषेण यात्रां प्राणस्य संलिह ॥ ६ ॥

सत्यपर डटे रहो तथा सब प्रकारकी कुटिलता छोड़कर धर्ममें अनुराग करो । देवताओं और अतिथियोंका सत्कार करके जो अन्न बचे, उसीका प्राणरक्षाके लिये आस्वादन करो ॥ ६ ॥

फेनमात्रोपमे देहे जीवे शकुनिवत् स्थिते ।
अनित्ये प्रियसंवासे कथं स्वपिषि पुत्रक ॥ ७ ॥

बेटा ! यह शरीर जलके फेनकी तरह क्षणभङ्गुर है । इसमें जीव पक्षीकी तरह बसा हुआ है और यह प्रियजनोंका सहवास भी सदा रहनेवाला नहीं है । फिर भी तुम क्यों सोये पड़े हो ? ॥ ७ ॥

अप्रमत्तेषु जाग्रत्सु नित्ययुक्तेषु शत्रुषु ।
अन्तरं लिप्समानेषु बालस्त्वं नावबुध्यसे ॥ ८ ॥

तुम्हारे शत्रु सर्वदा सावधान, जगे हुए, सर्वथा उद्यत और तुम्हारे छिद्रोंको देखनेमें लगे हुए हैं; परंतु तुम अभी बालक हो, इसलिये [illegible] नहीं रहे हो ॥ ८ ॥

अहःसु गण्यमानेषु क्षीयमाणे तथाऽऽयुषि ।
जीविते लिख्यमाने च किमुत्थाय न धावसि ॥ ९ ॥

तुम्हारी आयुके दिन गिने जा रहे हैं । आयु क्षीण होती जा रही है और जीवन मानो कहीं लिखा जा रहा है ([illegible] हो रहा है) । फिर तुम उठकर भागते क्यों नहीं हो ? (शीघ्रतापूर्वक कर्तव्यपालनमें लग क्यों नहीं जाते हो ?) ॥ ९ ॥

ऐहलौकिकमीहन्ते मांसशोणितवर्धनम् ।
पारलौकिककार्येषु प्रसुप्ता भृशनास्तिकाः ॥ १० ॥

अत्यन्त नास्तिक मनुष्य केवल इस लोकके स्वार्थको चाहते हुए शरीरमें मांस और रक्तको बढ़ानेवाली चेष्टा [illegible] करते रहते हैं । पारलौकिक कार्योंकी ओरसे तो वे [illegible] सोये ही रहते हैं ॥ १० ॥

धर्माय येऽभ्यसूयन्ति बुद्धिमोहान्विता नराः ।
अपथा गच्छतां तेषामनुयाताऽपि पीड्यते ॥ ११ ॥

जो बुद्धिके व्यामोहमें डूबे हुए मनुष्य धर्मसे द्वेष करते हैं, वे सदा कुमार्गसे ही चलते हैं । उनकी तो बात ही क्या है, उनके अनुयायियोंको भी कष्ट भोगना पड़ता है ॥ ११ ॥

ये [illegible] तुष्टाः श्रुतिपरा महात्मानो महाबलाः ।
धर्म्यं पन्थानमारूढास्तानुपास्स्व च पृच्छ च ॥ १२ ॥

इसलिये जो महान् धर्मबलसे सम्पन्न महात्मा पुरुष संतुष्ट और श्रुतिपरायण होकर सर्वदा धर्मपथपर ही आरूढ रहते हैं, तुम उन्हींकी सेवामें रहो और उन्हींसे अपना कर्तव्य पूछो ॥ १२ ॥

उपधार्य मतं तेषां बुधानां धर्मदर्शिनाम् ।
नियच्छ परया बुद्ध्या चित्तमुत्पथगामि [illegible] ॥ १३ ॥

उन धर्मदर्शी विद्वानोंका मत जानकर तुम अपनी श्रेष्ठ बुद्धिके द्वारा अपने कुपथगामी मनको काबूमें करो ॥

आद्यकालिकया बुद्ध्या दूरे श्व इति निर्भयाः ।
सर्वभक्ष्या न पश्यन्ति कर्मभूमिमचेतसः ॥ १४ ॥

जिसकी केवल वर्तमान सुखपर ही दृष्टि रहती है, [illegible] बुद्धिके द्वारा भावी परिणामको बहुत दूर जानकर जो निर्भय रहते और सब प्रकारके अभक्ष्य पदार्थोंको खाते रहते हैं, वे बुद्धिहीन मनुष्य [illegible] कर्मभूमिके महत्त्वको नहीं देख पाते हैं ॥ १४ ॥

धर्मं निःश्रेणिमास्थाय किंचित् किंचित् [illegible] ।
कोषकारवदात्मानं वेष्टयन्नावबुध्यसे ॥ १५ ॥

तुम धर्मरूपी सीढ़ीको पाकर धीरे-धीरे उसपर चढ़ते जाओ । अभी तो तुम रेशमके कीड़ेकी तरह अपने-आपको वासनाओंके जालसे ही लपेटते [illegible] रहे हो, तुम्हें चेत नहीं हो रहा है ॥ १५ ॥

नास्तिकं भिन्नमर्यादं कूलपातमिव स्थितम् ।
वामतः कुरु विस्रब्धो नरं वेणुमिवोद्धृतम् ॥ १६ ॥

जो नास्तिक हो, धर्मकी मर्यादा भङ्ग कर रहा हो और किनारेको तोड़-फोड़कर गिरा देनेवाले नदीके महान् जल-प्रवाहकी भाँति स्थित हो, ऐसे मनुष्यको उखाड़े हुए बाँसकी तरह बिना किसी हिचकके त्याग दो ॥ १६ ॥

कामं क्रोधं च मृत्युं च पञ्चेन्द्रियजलां नदीम् ।
नावं धृतिमयीं कृत्वा जन्मदुर्गाणि संतर ॥ १७ ॥

काम, क्रोध, मृत्यु और जिसमें पाँच इन्द्रियरूपी जल भरा हुआ है, ऐसी विषयासक्तिरूपी नदीको तुम शान्तिकी धृतिरूप नौकाका आश्रय [illegible] पार कर [illegible] और इस प्रकार जन्म-मृत्युरूपी दुर्गम संकटसे पार हो जाओ ॥ १७ ॥

मृत्युनाभ्याहते लोके जरया परिपीडिते ।
अमोघासु पतन्तीषु धर्मपोतेन संतर ॥ १८ ॥

[illegible] संसार मृत्युके थपेड़े खाता हुआ वृद्धावस्थासे पीड़ित हो रहा है । [illegible] रातें प्राणियोंकी आयुका अपहरण

करके अपनेको [illegible] बनाती हुई बीत रही हैं। तुम धर्मरूपी नौकापर चढ़कर भवसागरसे पार हो जाओ ॥ १८ ॥

तिष्ठन्तं च शयानं च मृत्युरन्वेषते यदा।
निर्वृत्तिं लभते कस्मादकस्मान्मृत्युनाश्रितः ॥ १९ ॥

मनुष्य खड़ा हो या सो [illegible] हो, [illegible] निरन्तर उसे खोजती फिरती है। [illegible] प्रकार तुम अकस्मात् मृत्युके ग्रास बन जानेवाले हो, [illegible] निश्चिन्त एवं शान्त कैसे बैठे हो ? ॥ १९ ॥

संचिन्वानकमेवैनं कामानामवितृप्तकम्।
वृकीवोरणमासाद्य मृत्युरादाय गच्छति ॥ २० ॥

मनुष्य भोगसामग्रियोंके सञ्चयमें लगा ही रहता है और उनसे तृप्त भी नहीं होने पाता है कि भेड़के बच्चेको उठा ले जानेवाली बाघिनकी भाँति मौत उसे अपनी दाढ़में दबाकर चल देती है ॥ २० ॥

क्रमशः संचितशिखो धर्मबुद्धिमयो [illegible]।
अन्धकारे प्रवेष्टव्यं दीपो यत्नेन धार्यताम् ॥ २१ ॥

यदि तुम्हें इस संसाररूपी अन्धकारमें प्रवेश करना है तो हाथमें उस धर्म-बुद्धिमय महान् दीपकको यत्नपूर्वक धारण कर लो, जिसकी शिखा [illegible] प्रज्वलित [illegible] रही हो ॥ २१ ॥

सम्पतन् देहजालानि कदाचिदिह मानुषे।
ब्राह्मण्यं लभते जन्तुस्तत् पुत्र परिपालय ॥ २२ ॥

बेटा ! जीव अनेक प्रकारके शरीरोंमें जन्मता-मरता हुआ कभी इस मानव-योनिमें आकर ब्राह्मणका शरीर पाता है, अतः तुम ब्राह्मणोचित कर्तव्यका [illegible] करो ॥

ब्राह्मणस्य [illegible] देहोऽयं न कामार्थाय जायते।
[illegible] क्लेशाय तपसे प्रेत्य त्वनुपमं सुखम् ॥ २३ ॥

ब्राह्मणका यह शरीर भोग भोगनेके लिये नहीं पैदा होता है। यह तो यहाँ क्लेश उठाकर तपस्या करने और मृत्युके पश्चात् अनुपम [illegible] भोगनेके लिये रचा गया है ॥ २३ ॥

ब्राह्मण्यं बहुभिरवाप्यते तपोभि-
स्तल्लब्ध्वा न रतिपरेण हेलितव्यम्।
स्वाध्याये तपसि दमे [illegible] नित्ययुक्तः
क्षेमार्थी कुशलपरः सदा यतस्व ॥ [illegible] ॥

बहुत समयतक बड़ी भारी तपस्या करनेसे ब्राह्मणका शरीर मिलता है। उसे पाकर विषयानुरागमें फँसकर बरबाद नहीं करना चाहिये। [illegible] यदि तुम अपना कल्याण चाहते हो तो कुशलप्रद कर्ममें संलग्न हो सदा स्वाध्याय, तपस्या और इन्द्रियसंयममें पूर्णतः तत्पर रहनेका [illegible] करो ॥ २४ ॥

अव्यक्तप्रकृतिरयं कलाशरीरः
सूक्ष्मात्मा क्षणत्रुटिशो निमेषरोमा।
ऋत्वास्यः समबलशुक्लकृष्णनेत्रो
मासाङ्गो द्रवति वयोहयो नराणाम् ॥ २५ ॥
तं दृष्ट्वा प्रसृतमजस्रमुग्रवेगं
गच्छन्तं सततमिहाव्यपेक्षमाणम्।
चक्षुस्ते यदि न परप्रणेतृनेयं
धर्मे ते भवतु मनः परं निशाम्य ॥ २६ ॥

मनुष्योंका आयुरूप अश्व बड़े वेगसे दौड़ा जा रहा है। इसका स्वभाव [illegible] है। कला-काष्ठा आदि इसके शरीर हैं। इसका स्वरूप अत्यन्त सूक्ष्म है। क्षण, त्रुटि (चुटकी) और निमेष आदि इसके रोम हैं। ऋतुएँ मुख हैं। समान बलवाले शुक्ल और कृष्णपक्ष नेत्र [illegible] तथा महीने इसके विभिन्न अङ्ग हैं। वह भयंकर वेगशाली अश्व यहाँकी किसी वस्तुकी अपेक्षा न [illegible] निरन्तर अविराम गतिसे वेगपूर्वक भागा जा रहा है। उसे देखकर यदि तुम्हारी ज्ञानदृष्टि दूसरेके द्वारा चलाने-पर चलनेवाली नहीं है; तो तुम्हारा मन धर्ममें ही लगना चाहिये। तुम दूसरे धर्मात्माओंपर भी दृष्टि डालो ॥२५-२६॥

ये चात्र प्रचलितधर्मकामवृत्ताः
क्रोशन्तः सततमनिष्टसम्प्रयोगाः।
क्लिश्यन्तः परिगतवेदनाशरीरा
बह्वीभिः सुभृशमधर्मकारणाभिः ॥ २७ ॥

जो लोग यहाँ धर्मसे विचलित हो स्वेच्छाचारमें लगे हुए हैं, दूसरोंको बुरा-भला कहते हुए सदा अनिष्टकारी [illegible] कर्मोंमें ही लगे हुए हैं, वे मरनेके बाद यातनादेह पाकर अपने अनेक पापकर्मोंके कारण अत्यन्त क्लेश भोगते हैं ॥ २७ ॥

राजा [illegible] धर्मपरः शुभाशुभस्य गोप्ता
समीक्ष्य सुकृतिनां दधाति लोकान्।
बहुविधमपि चरति प्रविशति
सुखमनुपगतं निरवद्यम् ॥ २८ ॥

जो राजा सर्वदा धर्मपरायण रहकर उत्तम और अधम प्रजाका यथायोग्य विचारपूर्वक पालन करता है, वह पुण्यात्माओंके लोकोंको प्राप्त होता है। यदि वह स्वयं भी नाना प्रकारके शुभ कर्मोंका आचरण करता है तो उसके फलस्वरूप उसे अप्राप्त एवं निर्दोष सुख प्राप्त होता है ॥

श्वानो भीषणकाया अयोमुखानि वयांसि
बलगृध्रकुलपक्षिणां च संघाः।
नरकदने रुधिरपा गुरुवचन-
नुदमुपरतं विशसन्ति ॥ २९ ॥

परंतु जो गुरुजनोंकी आज्ञाका उल्लङ्घन करते हैं, उनके मरणके पश्चात् नरकमें स्थित भयानक शरीरवाले कुत्ते, लौहमुख पक्षी, कौए-गीध आदि पक्षियोंके समुदाय तथा रक्त पीनेवाले कीट उनके यातना-शरीरपर आक्रमण करके उसे नोचते और काटते हैं ॥ २९ ॥

मर्यादा नियताः स्वयम्भुवा य इहेमाः
प्रभिनत्ति दशगुणा मनोऽनुगत्वात्।
निवसति भृशमसुखं पितृविषय-
विपिनमवगाह्य स पापः ॥ ३० ॥

जो मनुष्य मनचाही करनेके कारण स्वायम्भुवमनुकी बाँधी हुई धर्मकी दस[1] प्रकारकी मर्यादाओंको तोड़ता है, वह पापात्मा पितृलोकके असिपत्रवनमें [illegible] वहाँ अत्यन्त दुःख भोगता रहता है ॥ ३० ॥

यो लुब्धः सुभृशं प्रियानृतश्च मनुष्यः
सततनिकृतिवञ्चनाभिरतिः स्यात्।
उपनिधिभिरसुखकृत्स परमनिरयगो
भृशमसुखमनुभवति दुष्कृतकर्मा ॥ ३१ ॥

जो पुरुष अत्यन्त लोभी, असत्यसे प्रेम करनेवाला और सर्वदा कपटभरी बातें बनानेवाला और ठगाईमें रत है [illegible] जो तरह-तरहके साधनोंसे दूसरोंको दुःख देता है, वह [illegible] घोर नरकमें पड़कर अत्यन्त दुःख भोगता है ॥ ३१ ॥

उष्णां वैतरणीं महानदी-
मवगाढोऽसिपत्रवनभिन्नगात्रः।
परशुवनशयो निपतितो
वसति च महानिरये भृशार्तः ॥ ३२ ॥

उसे [illegible] उष्ण महानदी वैतरणीमें गोता [illegible] पड़ता है । असिपत्रवनमें उसका अङ्ग-अङ्ग छिन्न-भिन्न हो जाता है और परशुवनमें उसे शयन करना पड़ता है । इस प्रकार महानरकमें पड़कर वह अत्यन्त आतुर हो उठता है और विवश होकर उसीमें निवास करता है ॥ ३२ ॥

महापदानि कत्थसे न चाप्यवेक्षसे परम्।
चिरस्य मृत्युकारिकामनागतां न बुध्यसे ॥ ३३ ॥

तुम ब्रह्मलोक आदि बड़े-बड़े स्थानोंकी बातें तो बनाते हो, परंतु परमपदपर तुम्हारी दृष्टि नहीं है । भविष्यमें जो मृत्युकी परिचारिका वृद्धावस्था आनेवाली है, उसका तुम्हें पता ही नहीं है ॥ ३३ ॥

प्रयायतां किमास्यते समुत्थितं महद् भयम्।
अतिप्रमाथि दारुणं सुखस्य संविधीयताम् ॥ ३४ ॥

वत्स ! चुपचाप क्यों बैठे हो ? जल्दीसे आगे बढ़ो । तुम्हारे ऊपर हृदयको अत्यन्त मथ डालनेवाला, भयकर एवं महान् भय उठ खड़ा हुआ है; अतः परमानन्दकी प्राप्तिके लिये प्रयत्न करो ॥ ३४ ॥

पुरा मृतः प्रणीयसे यमस्य राजशासनात्।
त्वमन्तकाय दारुणैः प्रयत्नमार्जवे कुरु ॥ ३५ ॥

तुम्हें मरनेपर यमराजकी आज्ञासे भयानक यमदूतोंद्वारा उनके सामने उपस्थित किया जाय, इसके पहले ही सरलता रूप धर्मके सम्पादनके लिये प्रयत्न करो ॥ ३५ ॥

पुरा समूलबान्धवं प्रभुर्हरत्यदुःखवित्।
तवेह जीवितं यमो न चास्ति तस्य वारकः ॥ ३६ ॥

यमराज सबके स्वामी हैं । वे किसीका दुःख-दर्द नहीं समझते हैं । वे मूल और बन्धु-बान्धवोंसहित तुम्हारे प्राण हर लेंगे । उन्हें रोकनेवाला कोई नहीं है । वह समय आनेके पहले ही तुम अपनी रक्षाके लिये प्रयत्न कर लो ॥ ३६ ॥

पुराभिवाति मारुतो यमस्य यः पुरःसरः।
पुरैक [illegible] नीयसे कुरुष्व साम्परायिकम् ॥ ३७ ॥

जिस समय यमराजके आगे-आगे चलनेवाला प्रचण्ड कालरूपी पवन चल पड़ेगा, [illegible] समय वह अकेले तुम्हींको वहाँ ले जायगा; अतः तुम पहलेसे ही परलोकमें सुख देनेवाले धर्मका आचरण करो ॥ ३७ ॥

पुरा स हि क एव ते प्रवाति मारुतोऽन्तकः।
पुरा च विभ्रमन्ति ते दिशो महाभयागमे ॥ ३८ ॥

पूर्वजन्ममें तुम्हारे सामने जो प्राणनाशक पवन [illegible] रहा [illegible] वह कहाँ है ? अब भी जब मृत्युरूप महान् भय उपस्थित होगा, तब तुम्हें सम्पूर्ण दिशाएँ घूमती दिखायी देंगी; अतः पहलेसे ही सावधान हो जाओ ॥ ३८ ॥

श्रुतिश्च संनिरुध्यते पुरा तवेह पुत्रक।
समाकुलस्य गच्छतः समाधिमुत्तमं कुरु ॥ ३९ ॥

बेटा ! जब तुम इस शरीरको छोड़कर चलने लगोगे, [illegible] व्याकुलताके कारण तुम्हारी श्रवणशक्ति भी नष्ट हो जायगी । इसलिये तुम सुदृढ़ समाधि प्राप्त कर लो ॥ ३९ ॥

शुभाशुभे पुरा कृते प्रमादकर्मविप्लुते।
स्मरन् पुरा न तप्यसे निधत्स्व केवलं निधिम् ॥ ४० ॥

तुम पहले असावधानतावश जो अनुचितरूपसे शुभाशुभ कर्म कर चुके हो, उसे स्मरण करके उनके फलभोगसे संतप्त होनेके पहले ही अपने लिये केवल ज्ञानका भण्डार भर लो ॥

पुरा जरा कलेवरं विजर्जरीकरोति ते।
बलाङ्गरूपहारिणी निधत्स्व केवलं निधिम् ॥ ४१ ॥

देखो, बल, अङ्ग और रूपका विनाश करनेवाली वृद्धा [illegible] एक दिन तुम्हारे शरीरको जर्जर कर डालेगी, उसके पहले ही तुम अपने लिये ज्ञानका भण्डार भर लो ॥ ४१ ॥

पुरा शरीरमन्तको भिनत्ति रोगसारथिः।
[illegible] जीवितक्षये तपो महद् समाचर ॥ ४२ ॥

रोग जिसका सारथि है, वह काल हठात् तुम्हारे शरीरको विदीर्ण कर डालेगा, इसलिये इस जीवनका नाश होनेसे पहले ही तुम महान् तपका अनुष्ठान कर लो ॥ ४२ ॥

पुरा वृका भयंकरा मनुष्यदेहगोचराः।

---

[1] मनुजीने धर्मके दस भेद ये बताये हैं—
धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥
'धृति, क्षमा, मनोनिग्रह, पवित्रता, इन्द्रियसंयम, बुद्धि, विद्या, सत्य और अक्रोध—ये धर्मके दस लक्षण हैं ।'

अभिद्रवन्ति सर्वतो यतस्व पुण्यशीलने ॥ ४३ ॥

इस मानव-शरीरमें रहनेवाले काम-क्रोध आदि भयंकर शत्रु तुमपर चारों ओरसे आक्रमण कर रहे हैं, इसलिये पहलेसे ही तुम पुण्यसंचयके लिये प्रयत्न करो ॥ ४३ ॥

पुरान्धकारमेकको़ऽनुपश्यसि त्वरस्व वै ।
पुरा हिरण्मयान् नगान् निरीक्षसेऽद्रिमूर्धनि ॥ ४४ ॥

मरनेके समय तुम्हें पहले घोर अन्धकार दिखलायी देगा। फिर पर्वतके शिखरपर सुनहरे वृक्ष दृष्टिगोचर होंगे। वह समय आनेसे पहले ही अपने कल्याणके लिये तुम शीघ्र प्रयत्न करो ॥ ४४ ॥

पुरा कुसङ्गतानि ते सुहृन्मुखाश्च शत्रवः ।
विचालयन्ति दर्शनाद् घटस्व पुत्र यत्परम् ॥ ४५ ॥

इस संसारमें दुष्ट पुरुषोंके सङ्ग तथा ऊपरसे मित्रभाव एवं भीतरसे शत्रुता रखनेवाले लोग दर्शनमात्रसे तुम्हें कर्तव्य-पथसे विचलित कर देंगे, इसलिये तुम पहलेसे ही परम उत्तम पुण्यसंचयके लिये प्रयत्न करो ॥ ४५ ॥

धनस्य यस्य राजतो भयं न चास्ति चोरतः ।
मृतं च यन्न मुञ्चति समर्जयस्व तद् धनम् ॥ ४६ ॥

जिस धनको न तो राजासे भय है और न चोरसे ही तथा जो मर जानेपर भी जीवका साथ नहीं छोड़ता है, उस धर्मरूपी धनका उपार्जन करो ॥ ४६ ॥

न तत्र संविभुज्यते स्वकर्मभिः परस्परम् ।
यदेव यस्य यौतकं तदेव तत्र सोऽश्नुते ॥ ४७ ॥

अपने कर्मोंके अनुसार प्राप्त हुए उस धनको परलोकमें परस्पर बाँटना नहीं पड़ता है। वहाँ तो जो जिसकी निजी सम्पत्ति है, उसे ही वह भोगता है ॥ ४७ ॥

परत्र येन जीव्यते तदेव पुत्र दीयताम् ।
धनं यदक्षरं ध्रुवं समर्जयस्व तत् स्वयम् ॥ ४८ ॥

बेटा! जिससे परलोकमें भी जीवन-निर्वाह हो सकता है तथा जो अविनाशी और अटल धन है, उसीका दान करो एवं उसीका स्वयं भी उपार्जन करते रहो ॥ ४८ ॥

न यावदेव पच्यते महाजनस्य यावकम् ।
अपक्व एव यावके पुरा प्रलीयसे त्वर ॥ ४९ ॥

बेटा! घरपर आये हुए किसी समादरणीय अतिथिके लिये जितनी देरमें यावक (घृत और खाँड़ मिलाकर तैयार किया हुआ जौके आटेका पूआ) पकाया जाता है, उसके पकनेसे भी पहले तुम्हारी मृत्यु हो सकती है; अतः ज्ञान-रूपी धनके उपार्जनके लिये शीघ्रता करो ॥ ४९ ॥

न मातृपुत्रबान्धवा न संस्तुतः प्रियो जनः ।
अनुव्रजन्ति संकटे व्रजन्तमेकपातिनम् ॥ ५० ॥

जीव जब अकेला ही परलोकके पथपर प्रस्थान करता है, उस संकटके समय माता, पुत्र, भाई-बन्धु तथा अन्यान्य प्रशंसित प्रियजन भी उसके साथ नहीं जाते हैं ॥ ५० ॥

यदेव कर्म केवलं पुरा कृतं शुभाशुभम् ।
तदेव पुत्र सार्थिकं भवत्यमुत्र गच्छतः ॥ ५१ ॥

पुत्र! परलोकमें जाते समय अपना पहलेका किया हुआ जो शुभाशुभ कर्म होता है, केवल वही साथ रहता है ॥ ५१ ॥

हिरण्यरत्नसंचयाः शुभाशुभेन संचिताः ।
न तस्य देहसंक्षये भवन्ति कार्यसाधकाः ॥ ५२ ॥

मनुष्यके द्वारा अच्छे-बुरे सभी तरहके कर्म करके जो सुवर्ण और रत्नोंके ढेर इकट्ठे किये जाते हैं, वे भी उस मनुष्यके शरीरका नाश होनेपर उसके किसी काम नहीं आते हैं (क्योंकि वे सब यहीं रह जाते हैं) ॥ ५२ ॥

परत्रगामिकस्य ते कृताकृतस्य कर्मणः ।
न साक्षि आत्मना समो नृणामिहास्ति कश्चन ॥ ५३ ॥

परलोककी यात्रा करते समय तुम्हारे किये और न किये हुए कर्मका साक्षी आत्माके समान मनुष्योंमें दूसरा कोई नहीं है ॥ ५३ ॥

मनुष्यदेहशून्यकं भवत्यमुत्र गच्छतः ।
प्रविश्य बुद्धिचक्षुषा प्रदृश्यते हि सर्वशः ॥ ५४ ॥

परलोकमें जाते समय इस मनुष्य-शरीरका अभाव हो जाता है अर्थात् यह यहीं छूट जाता है। जीव सूक्ष्म शरीरसे लोकान्तरमें प्रवेश करके अपने बुद्धिरूपी नेत्रसे वहाँ सब कुछ देखता है ॥ ५४ ॥

इहाग्निसूर्यवायवः शरीरमाश्रितास्त्रयः ।
त एव तस्य साक्षिणो भवन्ति धर्मदर्शिनः ॥ ५५ ॥

इस लोकमें अग्नि, वायु और सूर्य—ये तीन देवता जीवके शरीरका आश्रय करके रहते हैं। वे ही उसके धर्माचरणको देखनेवाले हैं और वे ही परलोकमें उसके साक्षी होते हैं ॥ ५५ ॥

अहर्निशेषु सर्वतः स्पृशत्सु सर्वचारिषु ।
प्रकाशगूढवृत्तिषु स्वधर्ममेव पालय ॥ ५६ ॥

दिन सब पदार्थोंको प्रकाशित करता है और रात्रि उन्हें छिपा लेती है। ये सर्वत्र व्याप्त हैं और सभी वस्तुओंका स्पर्श करते हैं, अतः तुम इनकी वेलामें सर्वदा अपने धर्मका ही पालन करो ॥ ५६ ॥

अनेकपारिपन्थिके विरूपरौद्रमक्षिके ।
स्वमेव कर्म रक्ष्यतां स्वकर्म तत्र गच्छति ॥ ५७ ॥

परलोकके मार्गपर बहुत-से लुटेरे और बटमार रहते हैं तथा विकराल एवं भयंकर डाँस एवं मक्खियाँ होती हैं। वहाँ केवल अपना किया हुआ कर्म ही साथ जाता है; अतः तुम्हें अपने सत्कर्मोंकी ही रक्षा करनी चाहिये ॥ ५७ ॥

न तत्र संविभज्यते स्वकर्मणा परस्परम् ।
यथा कृतं स्वकर्मजं तदेव भुज्यते फलम् ॥ ५८ ॥

वहाँ अपने कर्मके अनुसार जो फल प्राप्त होता है, उसका किसीके साथ बँटवारा नहीं होता। वहाँ तो अपने किये हुए कर्मोंका ही फल भोगना होता है ॥ ५८ ॥

यथाप्सरोगणाः फलं सुखं महर्षिभिः सह ।
तथाऽऽप्नुवन्ति कर्मजं विमानकामगामिनः ॥ ५९ ॥

जैसे महर्षियोंके साथ झुंड-की-झुंड अप्सराएँ होती हैं और वे सब पुण्यके फलस्वरूप सुख भोगते हैं, उसी प्रकार वहाँ पुण्यात्मा लोग विमानोंपर चढ़कर इच्छानुसार विचरते और पुण्यकर्मजनित सुख भोगते हैं ॥ ५९ ॥

यथेह यत् कृतं शुभं विपाप्मभिः कृतात्मभिः ।
तदाप्नुवन्ति मानवास्तथा विशुद्धयोनयः ॥ ६० ॥

निष्पाप पुण्यात्मा पुरुषोंद्वारा इस लोकमें जो शुभ कर्म सम्पादित होता है, जन्मान्तरमें विशुद्ध योनिमें [illegible] लेकर उसका वैसा ही [illegible] पाते हैं ॥ ६० ॥

प्रजापतेः सलोकतां बृहस्पतेः शतक्रतोः ।
प्रजन्ति [illegible] परां गतिं गृहस्थधर्मसेतुभिः ॥ ६१ ॥

गृहस्थ-धर्मकी मर्यादाका पालन करनेवाले लोग प्रजापति, बृहस्पति अथवा इन्द्रके लोकमें उत्तम गतिको प्राप्त होते हैं ॥

सहस्रशोऽप्यनेकशः प्रवक्तुमुत्सहाम ते ।
अबुद्धिमोहनं पुनः प्रभुर्विनाय [illegible] ॥ ६२ ॥

[illegible] ! मैं तुम्हारे सामने हजारों तथा उससे भी अधिक बार यह बात जोर देकर कह सकता हूँ कि सर्वशक्तिमान् तथा सबको पवित्र करनेवाले धर्मने, जिसकी बुद्धिपर मोह नहीं [illegible] गया है, उस धर्मात्मा पुरुषको सदा ही पुण्यलोकमें पहुँचाया है ॥ ६२ ॥

गता त्रिरष्टवर्षता ध्रुवोऽसि पञ्चविंशकः ।
कुरुष्व धर्मसंचयं वयो हि तेऽतिवर्तते ॥ ६३ ॥

बेटा ! तुम्हारी आयुके चौबीस वर्ष बीत गये । अब निश्चय ही तुम पचीस सालके हो गये; अतः धर्मका संचय करो । तुम्हारी सारी आयु यों ही बीती जा रही है ॥ ६३ ॥

पुरा करोति सोऽन्तकः प्रमादगोमुखां चमूम् ।
यथागृहीतमुत्थितस्त्वरस्व धर्मपालने ॥ ६४ ॥

देखो, तुम्हारा जो प्रमाद है, उसमें निवास करनेवाला काल तुम्हारी इन्द्रियोंके समुदायको मुखरहित (भोगशक्तिसे हीन) [illegible] रहा है । इनके असमर्थ हो जानेके पहले ही तुम खड़े हो जाओ और अपने शरीरसे धर्मका पालन करनेके लिये जल्दी करो ॥ ६४ ॥

यथा त्वमेव पृष्ठतस्त्वमग्रतो गमिष्यसि ।
तथा गतिं गमिष्यतः किमात्मना परेण वा ॥ ६५ ॥

जिस समय तुम शरीर छोड़कर परलोककी राह लोगे, उस समय तुम्हीं पीछे रहोगे और तुम्हीं आगे चलोगे—तुम्हारे सिवा दूसरा कोई वहाँ आगे-पीछे चलनेवाला न होगा । ऐसी दशामें किसी अपने या पराये व्यक्तिसे तुम्हारा क्या प्रयोजन है ? ॥ ६५ ॥

यदेकपातिनां सतां भवत्यमुत्र गच्छताम् ।
भयेषु साम्परायिकं निधत्स्व केवलं निधिम् ॥ ६६ ॥

भय उपस्थित होनेपर अकेले यात्रा करनेवाले सत्पुरुषोंके लिये परलोकमें जो हितकर होता है, [illegible] धर्म या ज्ञानकी निधिको शुद्धभावसे संचित करो ॥ ६६ ॥

सकूलमूलबान्धवं प्रभुर्हरत्यसङ्गवान् ।
न सन्ति यस्य वारकाः कुरुष्व धर्मसंनिधिम् ॥ ६७ ॥

सर्वसमर्थ काल किसीके प्रति भी स्नेह नहीं करता । वह कूल और मूल अर्थात् आदि-अन्तसहित समस्त बन्धु-बान्धवोंको हर ले जाता है । उसको रोकनेवाले कोई नहीं हैं; इसलिये तुम धर्मका संचय करो ॥ ६७ ॥

इदं निदर्शनं मया तवेह पुत्र साम्प्रतम् ।
स्वदर्शनानुमानतः प्रवर्णितं कुरुष्व तत् ॥ ६८ ॥

बेटा ! मैंने अपने शास्त्रज्ञान और अनुमानके द्वारा इस समय तुम्हें जिस ज्ञानका उपदेश किया है, तुम उसीके अनुसार आचरण करो ॥ ६८ ॥

दधाति यः स्वकर्मणा ददाति यस्य कस्यचित् ।
अबुद्धिमोहजैर्गुणैः स एक एव युज्यते ॥ ६९ ॥

जो पुरुष अपने सत्कर्मोंद्वारा धर्मको धारण करता है और जिस किसीको भी निष्कामभावसे दान देता है, वह अकेला ही मोहरहित बुद्धिसे प्राप्त होनेवाले गुणोंसे संयुक्त होता है ॥ ६९ ॥

श्रुतं समस्तमश्नुते प्रकुर्वतः शुभाः क्रियाः ।
तदेतदर्थदर्शनं कृतज्ञमर्थसंहितम् ॥ ७० ॥

जो [illegible] शास्त्रोंका ज्ञान प्राप्त करता और तदनुसार शुभ कर्मोंके अनुष्ठानमें लगा रहता है, उसीके लिये इस ज्ञानका उपदेश किया गया है; क्योंकि कृतज्ञ पुरुषको जो भी उपदेश दिया जाता है, वही सफल होता है ॥ ७० ॥

निबन्धनी रज्जुरेषा या ग्रामे वसतो रतिः ।
छित्त्वैतां सुकृतो यान्ति नैनां छिन्दन्ति दुष्कृतः ॥ ७१ ॥

मनुष्य जब गाँवमें रहकर वहाँके पदार्थोंसे प्रेम करने लगता है, वह उसे बाँधनेवाली रस्सी ही है । पुण्यात्मा लोग इसे काटकर उत्तम लोकोंमें चले जाते हैं, परंतु पापात्मा पुरुष इसे नहीं काट पाते हैं ॥ ७१ ॥

किं ते धनेन किं बन्धुभिस्ते
किं ते पुत्रैः पुत्रक यो मरिष्यसि ।
आत्मानमन्विच्छ गुहां प्रविष्टं
पितामहास्ते क [illegible] सर्वे ॥ ७२ ॥

बेटा ! जब तुम्हें एक दिन मरना ही है, तब धन, बन्धु और पुत्र आदिसे तुम्हें क्या लेना है; अतः तुम हृदयकी गुफामें छिपे हुए आत्मतत्त्वका अनुसंधान करो । सोचो तो सही; आज तुम्हारे सारे पूर्वज—पितामह कहाँ चले गये ? ॥ ७२ ॥

श्वः कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वाह्णे चापराह्णिकम् ।
न हि प्रतीक्षते मृत्युः कृतं वास्य न वाकृतम् ॥ ७३ ॥

जो काम कल करना हो, उसे आज ही कर लेना चाहिये

और जो दोपहर-बाद करना हो, उसे पहले ही पहरमें पूरा कर डालना चाहिये; क्योंकि मौत यह नहीं देखती कि इसका काम पूरा हुआ है या नहीं ॥ ७३ ॥

अनुगम्य विनाशान्ते निवर्तन्ते ह बान्धवाः ।
अग्नौ प्रक्षिप्य पुरुषं ज्ञातयः सुहृदस्तथा ॥ ७४ ॥

मृत्युके बाद भाई-बन्धु, कुटुम्बी और सुहृद् श्मशान-भूमितक पीछे-पीछे जाते हैं और मृत पुरुषके शरीरको चिताकी आगमें डालकर लौट आते हैं ॥ [illegible] ॥

नास्तिकान् निरनुक्रोशान् नरान् पापमते स्थितान् ।
वामतः कुरु विस्रब्धं परं प्रेप्सुरतन्द्रितः ॥ ७५ ॥

अतः तुम परमात्मतत्त्वकी प्राप्तिके इच्छुक हो आलस्य छोड़कर नास्तिक, निर्दय [illegible] पापबुद्धि मनुष्योंको बिना किसी हिचकके बायें कर दो—कभी भूलकर भी उनका साथ न दो ॥ ७५ ॥

एवमभ्याहते लोके कालेनोपनिपीडिते ।
सुमहद् धैर्यमालम्ब्य धर्मं सर्वात्मना कुरु ॥ ७६ ॥

इस प्रकार जब [illegible] संसार कालसे [illegible] और पीड़ित [illegible] रहा है, [illegible] तुम महान् धैर्यका आश्रय ले सम्पूर्ण हृदयसे धर्मका आचरण करो ॥ ७६ ॥

अथेमं दर्शनोपायं सम्यग् यो वेत्ति [illegible] ।
सम्यक् स्वधर्मं कृत्वेह परत्र सुखमश्नुते ॥ ७७ ॥

जो मनुष्य परमात्माके साक्षात्कारके इस साधनको भली-भाँति जानता है, वह इस लोकमें स्वधर्मका ठीक-ठीक पालन करके परलोकमें सुख भोगता है ॥ ७७ ॥

न देहभेदे मरणं विजानतां
न च प्रणाशः स्वनुपालिते पथि ।
धर्मं [illegible] यो वर्धयते [illegible] पण्डितो
य एव धर्माच्च्यवते स मुह्यति ॥ ७८ ॥

जो ऐसा जानते [illegible] कि शरीरका नाश हो जानेपर भी अपनी मृत्यु नहीं होती है और शिष्ट पुरुषोंद्वारा पालित धर्म-मार्गपर चलनेवालोंका कभी [illegible] नहीं होता है, वे [illegible] बुद्धि-मान् हैं । जो [illegible] [illegible] बातोंको सोच-विचारकर धर्मको बढ़ाता [illegible] है, [illegible] विद्वान् है । जो धर्मसे गिर [illegible] है, वही मोह-ग्रस्त अथवा मूढ़ है ॥ ७८ ॥

प्रयुक्तयोः कर्मपथि स्वकर्मणोः
फलं प्रयोक्ता लभते यथाकृतम् ।
निहीनकर्मा निरयं प्रपद्यते
त्रिविष्टपं गच्छति धर्मपारगः ॥ ७९ ॥

कर्मके मार्गपर प्रयोग (आचरण) [illegible] लाये गये जो अपने [illegible] कर्म हैं, उनका [illegible] कर्ताको [illegible] कर्मके अनुसार [illegible] होता है । नीच कर्म करनेवाला नरकमें [illegible] है और धर्माचरणमें पारङ्गत पुरुष स्वर्गलोकको [illegible] है ॥

सोपानभूतं स्वर्गस्य मानुष्यं प्राप्य दुर्लभम् ।
तथाऽऽत्मानं समादध्याद् भ्रश्यते न पुनर्यथा ॥ ८० ॥

यह दुर्लभ मानव-शरीर स्वर्गलोकमें पहुँचनेके लिये सीढ़ी-के समान है । इसे पाकर अपने-आपको इस प्रकार धर्ममें एकाग्र करे, जिससे फिर उसे स्वर्गसे नीचे न गिरना पड़े ॥

[illegible] नोत्क्रामति मतिः स्वर्गमार्गानुसारिणी ।
तमाहुः पुण्यकर्माणमशोच्यं पुत्रबान्धवैः ॥ ८१ ॥

स्वर्गलोकके मार्गका अनुसरण करनेवाली जिसकी बुद्धि धर्मका कभी उल्लङ्घन नहीं करती, उसको पुण्यात्मा कहते हैं । वह पुत्रों और बन्धु-बान्धवोंके लिये कदापि शोचनीय नहीं है ॥ ८१ ॥

यस्य नोपहता बुद्धिर्निश्चये ह्यवलम्बते ।
स्वर्गे कृतावकाशस्य नास्ति तस्य महद् भयम् ॥ ८२ ॥

जिसकी बुद्धि दूषित न होकर दृढ़ निश्चयका सहारा लेती है, उसने स्वर्गमें अपने लिये स्थान बना लिया है । उसे नरकका महान् भय नहीं प्राप्त होता ॥ ८२ ॥

तपोवनेषु ये जातास्तत्रैव निधनं गताः ।
तेषामल्पतरो धर्मः कामभोगानजानताम् ॥ ८३ ॥

जो लोग तपोवनोंमें पैदा हुए और वहीं मृत्युको [illegible] हो गये, उन्हें थोड़े-से ही धर्मकी प्राप्ति होती है; क्योंकि वे काम-भोगोंको जानते ही नहीं थे (अतः उन्हें त्यागनेके लिये उनको [illegible] सहन नहीं [illegible] पड़ता) ॥ ८३ ॥

यस्तु भोगान् परित्यज्य शरीरेण तपश्चरेत् ।
न तेन किंचिन्न प्राप्तं तन्मे बहु मतं फलम् ॥ ८४ ॥

जो भोगोंका परित्याग करके तपोवनमें जाकर शरीरसे तपस्या करता है, उसके लिये कोई ऐसी वस्तु नहीं, जो प्राप्त [illegible] हो । यही [illegible] मुझे अधिक जान पड़ता है ॥ ८४ ॥

मातापितृसहस्राणि पुत्रदारशतानि च ।
अनागतान्यतीतानि [illegible] ते [illegible] वा वयम् ॥ ८५ ॥

हजारों माता-पिता और सैकड़ों स्त्री-पुत्र पहले जन्मोंमें हो चुके हैं और भविष्यमें होंगे । वे हममेंसे किसके हैं और हम उनमेंसे किसके हैं ? ॥ ८५ ॥

अहमेको [illegible] मे कश्चिन्नाहमन्यस्य कस्यचित् ।
न तं पश्यामि यस्याहं [illegible] पश्यामि यो मम ॥ ८६ ॥

मैं अकेला हूँ । न तो दूसरा कोई मेरा है और न [illegible] दूसरे किसीका हूँ । [illegible] ऐसे किसी पुरुषको नहीं देखता, जिसका [illegible] होऊँ तथा ऐसा भी कोई नहीं दिखायी देता, जो मेरा हो ॥ ८६ ॥

न तेषां भवता कार्यं [illegible] कार्यं तव तैरपि ।
स्वकृतैस्तानि यातानि भवांश्चैव गमिष्यति ॥ [illegible] ॥

न उनका [illegible] कुछ कर सकते हो और न वे तुम्हारे किसी [illegible] आ सकते हैं । वे अपने कर्मोंके साथ चले गये और तुम भी चले जाओगे ॥ ८७ ॥

इह लोके हि धनिनां [illegible] स्वजनायते ।

स्वजनस्तु दरिद्राणां जीवतामपि नश्यति ॥ ८८ ॥

इस संसारमें जो धनवान् हैं, उन्हींके स्वजन उनके [illegible] स्वजनोचित बर्ताव करते हैं; दरिद्रोंके स्वजन तो उनके जीते-जी ही उन्हें छोड़कर उनकी आँखसे ओझल हो जाते हैं।८८।

संचिनोत्यशुभं कर्म कलत्रापेक्षया नरः।
ततः क्लेशमवाप्नोति परत्रेह तथैव च ॥ ८९ ॥

मनुष्य अपनी स्त्रीके लिये अशुभ कर्मका संचय करता है, फिर उसके फलरूपमें इहलोक और परलोकमें भी [illegible] उठाता है ॥ ८९ ॥

पश्यति च्छिन्नभूतं हि जीवलोकं स्वकर्मणा।
तत् कुरुष्व तथा पुत्र कृत्स्नं यत् समुदाहृतम् ॥ ९० ॥

मनुष्य अपने-अपने कर्मोंके अनुसार ही इस जीव-जगत्को छिन्न-भिन्न हुआ देखता है, अतः बेटा! मैंने जो कुछ कहा है, [illegible] सब काममें लाओ ॥ ९० ॥

तदेतत् सम्प्रदृश्यैव कर्मभूमिं प्रपश्यतः।
शुभान्याचरितव्यानि परलोकमभीप्सता ॥ ९१ ॥

इहलोक कर्मभूमि है—ऐसा समझकर इसकी ओर देखते हुए दिव्य लोकोंकी इच्छा रखनेवाले पुरुषको शुभकर्मोंका ही आचरण करना चाहिये ॥ ९१ ॥

मासर्तुसंज्ञापरिवर्तकेण
सूर्याग्निना रात्रिदिवेन्धनेन।
स्वकर्मनिष्ठाफलसाक्षिकेण
भूतानि कालः पचति प्रसह्य ॥ ९२ ॥

यह कालरूपी रसोइया बलपूर्वक सब जीवोंको पका रहा है। [illegible] और ऋतु नामक करछुलसे वह जीवोंको उलटता-पलटता रहता है। सूर्य उसके लिये आगका काम देते हैं और कर्मफलके साक्षी रात और दिन उसके लिये ईंधन बने हुए हैं ॥ ९२ ॥

धनेन किं यन्न ददाति नाश्नुते
बलेन किं येन रिपुं न बाधते।
श्रुतेन किं येन न धर्ममाचरेत्
किमात्मना यो न जितेन्द्रियो वशी ॥ ९३ ॥

उस धनसे क्या लाभ, जिसे मनुष्य न तो किसीको दे सकता और न अपने उपभोगमें ही ला सकता है। उस बलसे क्या लाभ, जिससे शत्रुओंको बाधित न किया जा सके? उस शास्त्रज्ञानसे क्या लाभ, जिसके द्वारा मनुष्य धर्माचरण न कर सके? और उस जीवात्मासे क्या लाभ, जो न तो जितेन्द्रिय है और न मनको ही वशमें रख सकता है? ॥ ९३ ॥

भीष्म उवाच

इदं द्वैपायनवचो हितमुक्तं निशम्य तु।
शुको गतः परित्यज्य पितरं मोक्षदैशिकम् ॥ ९४ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! व्यासजीके कहे हुए ये हितकर वचन सुनकर शुकदेवजी अपने पिताको छोड़कर मोक्षतत्त्वके उपदेशक गुरुके पास चले गये ॥ ९४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि पावकाध्ययनं नामैकविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें पावकाध्ययन नामक तीन सौ इक्कीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३२१ ॥

द्वाविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

शुभाशुभ कर्मोंका परिणाम कर्ताको अवश्य भोगना पड़ता है, इसका प्रतिपादन

युधिष्ठिर उवाच

यद्यस्ति दत्तमिष्टं [illegible] तपस्तप्तं तथैव च।
गुरूणां वापि शुश्रूषा तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने कहा—पितामह! यदि दान, यज्ञ, [illegible] अथवा गुरु-शुश्रूषा करनेसे कोई [illegible] मिलता है तो वह मुझे बताइये ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

आत्मनानर्थयुक्तेन पापे निविशते मनः।
स कर्म कलुषं कृत्वा क्लेशे महति धीयते ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन्! जब बुद्धि काम-क्रोध आदि अनर्थोंसे युक्त हो जाती है, तब उससे प्रेरित हुए मनुष्यका मन पापमें प्रवृत्त होने लगता है। फिर वह मनुष्य दोषयुक्त कर्म करके महान् क्लेशमें पड़ जाता है ॥ २ ॥

दुर्भिक्षादेव दुर्भिक्षं क्लेशात् क्लेशं भयाद् भयम्।
मृतेभ्यः प्रमृता यान्ति दरिद्राः पापकर्मिणः ॥ ३ ॥

पापकर्म करनेवाले दरिद्र मानव दुर्भिक्षसे दुर्भिक्षको, क्लेशसे क्लेशको तथा भयसे भयको पाते हुए मरे हुओंसे भी अधिक मृतकतुल्य हो जाते हैं ॥ ३ ॥

उत्सवादुत्सवं यान्ति स्वर्गात् स्वर्गं सुखात् सुखम्।
श्रद्दधानाश्च दान्ताश्च धनस्थाः शुभकारिणः ॥ ४ ॥

जो श्रद्धालु, जितेन्द्रिय, धनसम्पन्न तथा शुभकर्मपरायण होते हैं, वे उत्सवसे अधिक उत्सवको, स्वर्गसे अधिक स्वर्गको तथा सुखसे अधिक सुखको पाते हैं ॥ ४ ॥

व्यालकुञ्जरदुर्गेषु सर्पचौरभयेषु च।
हस्तावापेन गच्छन्ति नास्तिकाः किमतः परम् ॥ ५ ॥

नास्तिक मनुष्योंके हाथमें हथकड़ी डालकर राजा उन्हें राज्यसे दूर निकाल देता है और वे उन जङ्गलोंमें चले जाते हैं, जो मतवाले हाथियोंके कारण दुर्गम तथा [illegible] और चोर आदिके भयसे भरे हुए होते हैं। इससे बढ़कर उन्हें और [illegible] दण्ड मिल सकता है? ॥ ५ ॥

प्रियदेवातिथेयाश्च वदान्याः प्रियसाधवः।
क्षेम्यमात्मवतां मार्गमास्थिता हस्तदक्षिणम् ॥ [illegible] ॥

जिन्हें देवपूजा और अतिथि-सत्कार प्रिय है, जो उदार हैं तथा श्रेष्ठ पुरुष जिन्हें अच्छे लगते हैं, वे पुण्यात्मा मनुष्य अपने दाहिने हाथके समान मङ्गलकारी एवं मनको वशमें रखनेवाले योगियोंको ही प्राप्त होने योग्य मार्गपर आरूढ होते हैं ॥ ६ ॥

पुलाका इव धान्येषु पूत्यण्डा इव पक्षिषु ।
तद्विधास्ते मनुष्येषु येषां धर्मो न कारणम् ॥ ७ ॥

जिनका उद्देश्य धर्मपालन नहीं है, ऐसे मनुष्य मानव-समाजके भीतर वैसे ही समझे जाते हैं जैसे धानोंमें थोथा धान और पक्षियोंमें सड़ा हुआ अंडा ॥ ७ ॥

सुशीघ्रमपि धावन्तं विधानमनुधावति ।
शेते सह शयानेन येन येन यथा कृतम् ॥ ८ ॥
उपतिष्ठति तिष्ठन्तं गच्छन्तमनुगच्छति ।
करोति कुर्वतः कर्म छायेवानुविधीयते ॥ ९ ॥

जिस जिस मनुष्यने जैसा कर्म किया है, वह उसके पीछे लगा रहता है । यदि कर्ता पुरुष शीघ्रतापूर्वक दौड़ता है तो वह भी उतनी ही तेजीके साथ उसके पीछे जाता है । जब वह सोता है, तब उसका कर्मफल भी उसीके साथ सो जाता है । जब वह खड़ा होता है, तब वह भी उसके पास ही खड़ा रहता है और जब मनुष्य चलता है, तब वह भी उसके पीछे-पीछे चलने लगता है । इतना ही नहीं, कोई कार्य करते समय भी कर्म-संस्कार उसका साथ नहीं छोड़ता । सदा छायाके समान पीछे लगा रहता है ॥ ८-९ ॥

येन येन यथा यद् यत्पुरा कर्म सुनिश्चितम् ।
तत् तदेकतरो भुङ्क्ते नित्यं विहितमात्मना ॥ १० ॥

जिस-जिस मनुष्यने अपने-अपने पूर्वजन्मोंमें जैसे-जैसे कर्म किये हैं, वह अपने ही किये हुए उन कर्मोंका फल सदा अकेला ही भोगता है ॥ १० ॥

स्वकर्मफलनिक्षेपं विधानपरिरक्षितम् ।
भूतग्राममिमं कालः समन्तादपकर्षति ॥ ११ ॥

अपने-अपने कर्मका फल एक धरोहरके समान है, वह शास्त्र-विधानके अनुसार सुरक्षित रहता है । उपयुक्त अवसर आनेपर काल इस प्राणिसमुदायको कर्मानुसार खींच ले आता है ॥ ११ ॥

अचोद्यमानानि यथा पुष्पाणि च फलानि च ।
स्वं कालं नातिवर्तन्ते तथा कर्म पुरा कृतम् ॥ १२ ॥

जैसे फूल और फल किसीकी प्रेरणाके बिना ही अपने समयपर वृक्षोंमें लग जाते हैं, उसी प्रकार पहलेके किये हुए कर्म भी अपने फलभोगके समयका उल्लङ्घन नहीं करते हैं ॥ १२ ॥

सम्मानश्चावमानश्च लाभालाभौ क्षयोदयौ ।
प्रवृत्ता विनिवर्तन्ते विधानान्ते पदे पदे ॥ १३ ॥

सम्मान-अपमान, लाभ-हानि तथा उन्नति-अवनति—ये पूर्व-जन्मके कर्मोंके अनुसार पग-पगपर प्राप्त होते हैं और प्रारब्ध-भोगके पश्चात् पुनः निवृत्त हो जाते हैं ॥ १३ ॥

आत्मना विहितं दुःखमात्मना विहितं सुखम् ।
गर्भशय्यामुपादाय भुज्यते पौर्वदेहिकम् ॥ १४ ॥

दुःख अपने ही किये हुए कर्मोंका फल है और सुख भी अपने ही पूर्वकृत कर्मोंका परिणाम है । जीव माताकी गर्भशय्यामें आते ही पूर्व शरीरद्वारा उपार्जित सुख-दुःखका उपभोग करने लगता है ॥ १४ ॥

बालो युवा वा वृद्धश्च यत् करोति शुभाशुभम् ।
तस्यां तस्यामवस्थायां भुङ्क्ते जन्मनि जन्मनि ॥ १५ ॥

कोई बालक हो, तरुण हो या बूढ़ा हो, वह जो भी शुभाशुभ कर्म करता है, जन्म-जन्मान्तरमें उसी अवस्थामें उस कर्मका फल भोगता है ॥ १५ ॥

यथा धेनुसहस्रेषु वत्सो विन्दति मातरम् ।
तथा पूर्वकृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति ॥ १६ ॥

जैसे बछड़ा हजारों गौओंमेंसे अपनी माँको पहचानकर उसे पा लेता है, वैसे ही पहलेका किया हुआ कर्म भी अपने कर्ताके पास पहुँच जाता है ॥ १६ ॥

मलिनं हि यथा वस्त्रं पश्चाच्छुद्ध्यति वारिणा ।
उपवासैः प्रतप्तानां दीर्घं सुखमनन्तकम् ॥ १७ ॥

जैसे मलिन हुआ वस्त्र पीछे जलसे धोनेपर शुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार जो उपवासपूर्वक तपस्या करते हैं, (उनका अन्तःकरण शुद्ध होकर) उन्हें कभी समाप्त न होनेवाला महान् सुख मिलता है ॥ १७ ॥

दीर्घकालेन तपसा सेवितेन महामते ।
धर्मनिर्धूतपापानां संसिध्यन्ते मनोरथाः ॥ १८ ॥

महामते ! दीर्घकालतक की हुई तपस्या तथा धर्मा-चरणद्वारा जिनके सारे पाप धुल गये हैं, उनके सम्पूर्ण मनो-रथ सिद्ध हो जाते हैं ॥ १८ ॥

शकुनानामिवाकाशे मत्स्यानामिव चोदके ।
पदं यथा न दृश्येत तथा पुण्यकृतां गतिः ॥ १९ ॥

जैसे आकाशमें पक्षियोंके और जलमें मछलियोंके चरण-चिह्न दिखायी नहीं देते, उसी प्रकार पुण्यात्मा ज्ञानियोंकी भी गतिका पता नहीं चलता ॥ १९ ॥

अलमन्यैरुपालब्धैः कीर्तितैश्च व्यतिक्रमैः ।
पेशलं चानुरूपं च कर्तव्यं हितमात्मनः ॥ २० ॥

दूसरोंको उलाहने देने तथा लोगोंके अन्यान्य अपराधों-की चर्चा करनेसे कोई प्रयोजन नहीं है । जो सुन्दर, अनुकूल और अपने लिये हितकर जान पड़े, वही कर्म करना चाहिये ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि धर्मसूक्तिको नाम द्वाविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें धर्मसूक्तिकनामक तीन सौ बाईसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३२२ ॥

त्रयोविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

व्यासजीकी पुत्रप्राप्तिके लिये तपस्या और भगवान् शंकरसे वरप्राप्ति

युधिष्ठिर उवाच

कथं व्यासस्य धर्मात्मा शुको जज्ञे महातपाः।
सिद्धिं च परमां प्राप्तस्तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने कहा—पितामह ! व्यासजीके यहाँ महातपस्वी और धर्मात्मा शुकदेवजीका जन्म कैसे हुआ ? तथा उन्होंने परम सिद्धि कैसे प्राप्त की ? यह मुझे बताइये ॥

कस्यां चोत्पादयामास शुकं व्यासस्तपोधनः।
न ह्यस्य जननीं विद्म जन्म चाग्र्यं महात्मनः ॥ २ ॥

तपस्याके धनी व्यासजीने किस स्त्रीके गर्भसे शुकदेवजीको उत्पन्न किया ? हमें उन महात्मा शुकदेवजीकी माताका नाम नहीं मालूम है और हम उनके श्रेष्ठ जन्मका वृत्तान्त भी नहीं जानते हैं ॥ २ ॥

कथं च बालस्य सतः सूक्ष्मज्ञाने गता मतिः।
यथा नान्यस्य लोकेऽस्मिन् द्वितीयस्येह कस्यचित्॥३॥

शुकदेवजी अभी बालक थे तो भी सूक्ष्मज्ञानमें उनकी बुद्धि कैसे लगी ? इस संसारमें उनके सिवा दूसरे किसीकी ऐसी बुद्धि नहीं देखी गयी ॥ ३ ॥

एतदिच्छाम्यहं श्रोतुं विस्तरेण महामते।
न हि मे तृप्तिरस्तीह शृण्वतोऽमृतमुत्तमम् ॥ ४ ॥

महामते ! मैं इस प्रसङ्गको विस्तारपूर्वक सुनना चाहता हूँ। आपका यह अमृतके समान उत्तम एवं मधुर प्रवचन सुनते हुए मुझे तृप्ति नहीं हो रही है ॥ ४ ॥

माहात्म्यमात्मयोगं च विज्ञानं च शुकस्य ह।
यथावदानुपूर्व्येण तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ ५ ॥

पितामह ! आप मुझे शुकदेवजीका माहात्म्य, आत्मयोग और विज्ञान यथार्थ रीतिसे क्रमशः बताइये ॥ ५ ॥

भीष्म उवाच

न हायनैर्न पलितैर्न वित्तैर्न च बन्धुभिः।
ऋषयश्चक्रिरे धर्मं योऽनूचानः स नो महान् ॥ ६ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! कोई अधिक वर्षोंकी अवस्था हो जानेसे, बाल पक जानेसे, अधिक धन होनेसे तथा भाई-बन्धुओंकी संख्या बढ़ जानेसे भी बड़ा नहीं होता। ऋषियोंने यह नियम बनाया है कि हमलोगोंमेंसे जो वेदोंका प्रवचन कर सकेगा, वही महान् माना जायगा ॥६॥

तपोमूलमिदं सर्वं यन्मां पृच्छसि पाण्डव।
तदिन्द्रियाणि संयम्य तपो भवति नान्यथा ॥ ७ ॥

पाण्डुनन्दन ! तुम मुझसे जिसके विषयमें पूछ रहे हो, उस सबकी जड़ तपस्या है। इन्द्रियोंका संयम करनेसे ही तपस्याकी सिद्धि होती है, अन्यथा नहीं ॥ ७ ॥

इन्द्रियाणां प्रसङ्गेन दोषमृच्छत्यसंशयम्।
संनियम्य तु तान्येव सिद्धिमाप्नोति मानवः ॥ ८ ॥

इसमें संदेह नहीं कि मनुष्य इन्द्रियोंकी विषयासक्तिके कारण ही दोषको प्राप्त होता है और उन्हीं इन्द्रियोंको काबूमें कर लेनेपर वह सिद्धिका भागी होता है ॥ ८ ॥

अश्वमेधसहस्रस्य वाजपेयशतस्य च।
योगस्य कलया तात न तुल्यं विद्यते फलम् ॥ ९ ॥

तात ! सहस्रों अश्वमेध और सैकड़ों वाजपेय यज्ञोंका जो फल है, वह योगकी सोलहवीं कलाके फलकी भी समानता नहीं कर सकता ॥ ९ ॥

अत्र ते वर्तयिष्यामि जन्मयोगफलं तथा।
शुकस्याग्र्यां गतिं चैव दुर्विदामकृतात्मभिः ॥ १० ॥

राजन् ! मैं तुम्हें शुकदेवजीका जन्म-वृत्तान्त, योगफल तथा अजितात्मा पुरुषोंकी समझमें न आनेवाली उनकी उत्कृष्ट गति बता रहा हूँ ॥ १० ॥

मेरुशृङ्गे किल पुरा कर्णिकारवनायुते।
विजहार महादेवो भीमैर्भूतगणैर्वृतः ॥ ११ ॥

कहते हैं, पूर्वकालमें कनेरके वनोंसे सुशोभित मेरुपर्वतके शिखरपर भगवान् शङ्कर भयानक भूतगणोंको साथ ले विहार करते थे ॥ ११ ॥

शैलराजसुता चैव देवी तत्राभवत् पुरा।
तत्र दिव्यं तपस्तेपे कृष्णद्वैपायनस्तदा ॥ १२ ॥

वहीं गिरिराजकुमारी उमादेवी भी उनके साथ ही निवास करती थीं। उन्हीं दिनों श्रीकृष्णद्वैपायन व्यास उस पर्वतपर दिव्य तपस्या कर रहे थे ॥ १२ ॥

योगेनात्मानमाविश्य योगधर्मपरायणः।
धारयन् स तपस्तेपे पुत्रार्थं कुरुसत्तम ॥ १३ ॥

कुरुश्रेष्ठ ! योगधर्मपरायण व्यासजी योगके द्वारा अपने मनको परमात्मामें लगाकर धारणापूर्वक तपका अनुष्ठान करते थे। उनके तपका उद्देश्य था पुत्रकी प्राप्ति ॥ १३ ॥

अग्नेर्भूमेरपां वायोरन्तरिक्षस्य वा विभो।
धैर्येण सम्मितः पुत्रो मम भूयादिति स्म ह ॥ १४ ॥

उन्होंने यह संकल्प लेकर कि मुझे अग्नि, भूमि, जल, वायु अथवा आकाशके समान धैर्यशाली पुत्र प्राप्त हो, तपस्या आरम्भ की थी ॥ १४ ॥

संकल्पेनाथ योगेन दुष्प्रापमकृतात्मभिः।
वरयामास देवेशमास्थितस्तप उत्तमम् ॥ १५ ॥

उक्त संकल्प लेकर योगके द्वारा उत्तम तपस्यामें लगे हुए वेदव्यासजीने अजितात्मा पुरुषोंके लिये दुर्लभ देवेश्वर महादेवजीसे वर-प्रार्थना की ॥ १५ ॥

अतिष्ठन्मारुताहारः शतं किल समाः प्रभुः।
आराधयन्महादेवं बहुरूपमुमापतिम् ॥ १६ ॥

शक्तिशाली व्यासजी सौ वर्षोंतक केवल वायुभक्षण करते हुए अनेक रूपधारी उमापति महादेवजीकी आराधनामें लगे रहे ॥ १६ ॥

तत्र ब्रह्मर्षयश्चैव सर्वे राजर्षयस्तथा ।
लोकपालाश्च लोकेशं साध्याश्च वसुभिः सह ॥ १७ ॥
आदित्याश्चैव रुद्राश्च दिवाकरनिशाकरौ ।
वसवो मरुतश्चैव सागराः सरितस्तथा ॥ १८ ॥
अश्विनौ देवगन्धर्वास्तथा नारदपर्वतौ ।
विश्वावसुश्च गन्धर्वः सिद्धाश्चाप्सरसस्तथा ॥ १९ ॥

वहाँ सम्पूर्ण ब्रह्मर्षि, सभी राजर्षि, लोकपाल, वसुओंके अनुचरोंके सहित साध्य, आदित्य, रुद्र, सूर्य, चन्द्रमा, वसुगण, मरुद्गण, समुद्र, सरिताएँ, दोनो अश्विनीकुमार, देवता, गन्धर्व, नारद, पर्वत, गन्धर्वराज विश्वावसु, सिद्ध तथा अप्सराएँ भी लोकेश्वर महादेवजीकी आराधना करती थीं ॥

तत्र रुद्रो महादेवः कर्णिकारमयीं शुभाम् ।
धारयाणः स्रजं भाति ज्योत्स्नामिव निशाकरः ॥ २० ॥
तस्मिन् दिव्ये वने रम्ये देवदेवर्षिसंकुले ।
आस्थितः परमं योगमृषिः पुत्रार्थमच्युतः ॥ २१ ॥

वहाँ महान् रुद्रदेव कनेर पुष्पोंकी मनोहर माला धारण किये चाँदनीसहित चन्द्रमाके समान शोभा पाते थे । देवताओं तथा देवर्षियोंसे भरे हुए उस दिव्य रमणीय वनमें पुत्र-प्राप्तिके लिये परम योगका आश्रय ले मुनिवर व्यास तपस्यामें प्रवृत्त थे और उससे विचलित नहीं होते थे ॥ २०-२१ ॥

न चास्य हीयते प्राणो न ग्लानिरुपजायते ।
त्रयाणामपि लोकानां तदद्भुतमिवाभवत् ॥ २२ ॥

ऐसा कठोर तप करनेपर भी न तो उनके प्राण नष्ट हुए और न उन्हें ग्लानि ही हुई । यह तीनों लोकोंके लिये अद्भुत-सी बात हुई ॥ २२ ॥

जटाश्च तेजसा तस्य वैश्वानरशिखोपमाः ।
प्रज्वलन्त्यः स्म दृश्यन्ते युक्तस्यामिततेजसः ॥ २३ ॥

योगयुक्त हुए अमित तेजस्वी व्यासजीकी जटाएँ उनके तेजसे आगकी लपटोंके समान प्रज्वलित दिखायी देती थीं ॥ २३ ॥

मार्कण्डेयो हि भगवानेतदाख्यातवान् मम ।
स देवचरितानीह कथयामास मे सदा ॥ २४ ॥

मुझे तो यह वृत्तान्त भगवान् मार्कण्डेयजीने सुनाया था । वे मुझे सदा ही देवताओंके चरित्र सुनाया करते थे ॥ २४ ॥

एता अद्यापि कृष्णस्य तपसा तेन दीपिताः ।
अग्निवर्णा जटास्तात प्रकाशन्ते महात्मनः ॥ २५ ॥

तात ! उसी तपस्यासे उद्दीप्त हुई महात्मा व्यासजीकी वे जटाएँ आज भी अग्निके समान प्रकाशित हो रही हैं ॥ २५ ॥

एवंविधेन तपसा तस्य भक्त्या च भारत ।
महेश्वरः प्रसन्नात्मा चकार मनसा मतिम् ॥ २६ ॥

भारत ! उनकी ऐसी तपस्या और भक्ति देखकर महादेवजी बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने मन-ही-मन उन्हें अभीष्ट वर देनेका विचार किया ॥ २६ ॥

उवाच चैवं भगवांस्त्र्यम्बकः प्रहसन्निव ।
एवंविधस्ते तनयो द्वैपायन भविष्यति ॥ २७ ॥

भगवान् शिव व्यासजीके सामने आये और हँसते हुए-से बोले—'द्वैपायन ! तुम जैसा चाहते हो, वैसा ही पुत्र तुम्हें प्राप्त होगा ॥ २७ ॥

यथा ह्यग्निर्यथा वायुर्यथा भूमिर्यथा जलम् ।
यथा च खं तथा शुद्धो भविता ते सुतो महान् ॥ २८ ॥

'जैसे अग्नि, जैसे वायु, जैसे पृथ्वी, जैसे जल और जैसे आकाश शुद्ध है, तुम्हारा पुत्र भी वैसा ही शुद्ध एवं महान् होगा ॥ २८ ॥

तद्भावभावी तद्बुद्धिस्तदात्मा तदपाश्रयः ।
तेजसाऽऽवृत्य लोकांस्त्रीन् यशः प्राप्स्यति ते सुतः ॥ २९ ॥

'वह भगवद्भावमें रँगा होगा, भगवान्में ही उसकी बुद्धि होगी, भगवान्में ही उसका मन लगा रहेगा और एकमात्र भगवान्को ही वह अपना आश्रय समझेगा । उसके तेजसे तीनों लोक व्याप्त हो जायँगे और तुम्हारा वह पुत्र महान् यश प्राप्त करेगा' ॥ २९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकोत्पत्तौ त्रयोविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवकी उत्पत्तिविषयक तीन सौ तेईसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३२३ ॥

चतुर्विंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

शुकदेवजीकी उत्पत्ति और उनके यज्ञोपवीत, वेदाध्ययन एवं समावर्तन संस्कारका वृत्तान्त

भीष्म उवाच

स लब्ध्वा परमं देवाद् वरं सत्यवतीसुतः ।
अरणी सहिते गृह्य ममन्थाग्निचिकीर्षया ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! महादेवजीसे उत्तम वर पाकर एक दिन सत्यवतीनन्दन व्यासजी अग्नि प्रकट करनेकी इच्छासे दो अरणी काष्ठ लेकर उनका मन्थन करने लगे ॥

अथ रूपं परं राजन् बिभ्रतीं स्वेन तेजसा ।
घृताचीं नामाप्सरसमपश्यद् भगवानृषिः ॥ २ ॥

नरेश्वर ! इसी समय उन भगवान् महर्षि व्यासने वहाँ आयी हुई घृताची नामक अप्सराको देखा, जो अपने तेजसे परम मनोहर रूप धारण किये हुए थी ॥ २ ॥

ऋषिरप्सरसं दृष्ट्वा सहसा काममोहितः ।

अभवद् भगवान् व्यासो वने तस्मिन् युधिष्ठिर ॥ ३ ॥
सा च दृष्ट्वा तदा व्यासं कामसंविग्नमानसम्।
शुकी भूत्वा महाराज घृताची समुपागमत् ॥ ४ ॥

युधिष्ठिर ! उस वनमें उस अप्सराको देखकर ऋषि भगवान् व्यास सहसा कामसे मोहित हो गये। महाराज ! उस समय व्यासजीका हृदय कामसे व्याकुल हुआ देख घृताची अप्सरा शुकी होकर उनके पास आयी ॥ ३-४ ॥

स तामप्सरसं दृष्ट्वा रूपेणान्येन संवृताम्।
शरीरजेनानुगतः सर्वगात्रातिगेन ह ॥ ५ ॥

उस अप्सराको दूसरे रूपसे छिपी हुई देख उनके सम्पूर्ण शरीरमें कामवेदना व्याप्त हो गयी ॥ ५ ॥

स तु धैर्येण महता निगृह्णन् हृच्छयं मुनिः।
न शशाक नियन्तुं तद् व्यासः प्रविसृतं मनः ॥ ६ ॥

मुनिवर व्यास महान् धैर्यके साथ अपने कामवेगको रोकने लगे; परंतु अप्सराकी ओर गये हुए मनको रोकनेमें वे किसी तरह समर्थ न हो सके ॥ ६ ॥

भावित्वाच्चैव भावस्य घृताच्या वपुषा हृतः।
यत्नान्नियच्छतस्तस्य मुनेरग्निचिकीर्षया ॥ ७ ॥
अरण्यामेव सहसा तस्य शुक्रमवापतत्।

होनहार होकर ही रहती है; इसलिये व्यासजी घृताचीके रूपसे आकृष्ट हो गये। अग्नि प्रकट करनेकी इच्छासे अपने कामवेगको यत्नपूर्वक रोकते हुए महर्षि व्यासका वीर्य सहसा उस अरणीकाष्ठपर ही गिर पड़ा ॥ ७½ ॥

सोऽविशंकेन मनसा तथैव द्विजसत्तमः ॥ ८ ॥
अरणीं ममन्थ ब्रह्मर्षिस्तस्यां जज्ञे शुको नृप।

नरेश्वर ! उस समय भी द्विजश्रेष्ठ ब्रह्मर्षि व्यास निःशङ्क मनसे दोनों अरणियोंके मन्थनमें ही लगे रहे। उसी समय अरणीसे शुकदेवजी प्रकट हो गये ॥ ८½ ॥

शुक्रे निर्मथ्यमाने स शुको जज्ञे महातपाः ॥ ९ ॥
परमर्षिर्महायोगी अरणीगर्भसम्भवः।

अरणीके साथ-साथ शुक्रका भी मन्थन होनेसे महातपस्वी तथा महायोगी परम ऋषि शुकदेवजीका जन्म हो गया। वे अरणीके ही गर्भसे प्रकट हुए ॥ ९½ ॥

यथाध्वरे समिद्धोऽग्निर्भाति हव्यमुदावहन् ॥ १० ॥
तथारूपः शुको जज्ञे प्रज्वलन्निव तेजसा।

जैसे यज्ञमें हविष्यका वहन करनेवाली प्रज्वलित अग्नि प्रकाशित होती है, वैसे ही रूपसे शुकदेवजी प्रकट हुए थे। वे अपने तेजसे मानो जाज्वल्यमान हो रहे थे ॥ १०½ ॥

बिभ्रत् पितुश्च कौरव्य रूपवर्णमनुत्तमम् ॥ ११ ॥
बभौ तदा भावितात्मा विधूम इव पावकः।

कुरुनन्दन ! अपने पिताके समान ही परम उत्तम रूप और कान्ति धारण किये पवित्रात्मा शुकदेव धूमरहित अग्निके [illegible] देदीप्यमान हो रहे थे ॥ ११½ ॥

[illegible] गङ्गा सरितां श्रेष्ठा मेरुपृष्ठे जनेश्वर ॥ १२ ॥
स्वरूपिणी तदाभ्येत्य तर्पयामास वारिणा।

जनेश्वर ! उसी समय सरिताओंमें श्रेष्ठ श्रीगङ्गाजी मूर्तिमती होकर मेरुपर्वतपर आयीं और उन्होंने अपने जलसे शुकदेवजीको तृप्त किया ॥ १२½ ॥

अन्तरिक्षाच्च कौरव्य दण्डः कृष्णाजिनं च ह ॥ १३ ॥
पपात भूमिं राजेन्द्र शुकस्यार्थे महात्मनः।

कुरुनन्दन ! राजेन्द्र ! आकाशसे महात्मा शुकदेवके लिये दण्ड और काला मृगचर्म—ये दोनों वस्तुएँ पृथ्वी पर गिरीं ॥ १३½ ॥

जेगीयन्ते स्म गन्धर्वा ननृतुश्चाप्सरोगणाः ॥ १४ ॥
देवदुन्दुभयश्चैव प्रावाद्यन्त महास्वनाः।
विश्वावसुश्च गन्धर्वस्तथा तुम्बुरुनारदौ ॥ १५ ॥
हाहा हूहूश्च गन्धर्वौ तुष्टुवुः शुकसम्भवम्।

गन्धर्व गाने और अप्सराएँ नृत्य करने लगीं। देवताओंकी दुन्दुभियाँ बड़े जोर-जोरसे बज उठीं। विश्वावसु, तुम्बुरु, नारद, हाहा और हूहू आदि गन्धर्व शुकदेवजीके जन्मकी बधाई गाने लगे ॥ १४-१५½ ॥

[illegible] शक्रपुरोगाश्च लोकपालाः समागताः ॥ १६ ॥
देवा देवर्षयश्चैव तथा ब्रह्मर्षयोऽपि च।

इन्द्र आदि सम्पूर्ण लोकपाल, देवता, देवर्षि और ब्रह्मर्षि भी वहाँ आये ॥ १६½ ॥

दिव्यानि सर्वपुष्पाणि प्रववर्ष च मारुतः ॥ १७ ॥
जङ्गमाजङ्गमं चैव प्रहृष्टमभवज्जगत्।

वायुने सब प्रकारके दिव्य पुष्पोंकी वर्षा की। चर और अचर सारा संसार हर्षसे खिल उठा ॥ १७½ ॥

तं महात्मा स्वयं प्रीत्या देव्या सह महाद्युतिः ॥ १८ ॥
जातमात्रं मुनेः पुत्रं विधिनोपानयत् तदा।

तब महातेजस्वी महात्मा भगवान् शङ्करने देवी पार्वतीके साथ स्वयं प्रसन्नतापूर्वक पधारकर महर्षि व्यासके उस नवजात पुत्रका विधिपूर्वक उपनयन संस्कार किया ॥ १८½ ॥

तस्य देवेश्वरः शक्रो दिव्यमद्भुतदर्शनम् ॥ १९ ॥
ददौ कमण्डलुं प्रीत्या देववासांसि वा विभो।

प्रभो ! उस समय देवेश्वर इन्द्रने उन्हें प्रेमपूर्वक दिव्य एवं अद्भुत कमण्डलु तथा देवोचित वस्त्र प्रदान किये ॥ १९½ ॥

हंसाश्च शतपत्राश्च सारसाश्च सहस्रशः ॥ २० ॥
प्रदक्षिणमवर्तन्त शुकाश्चाषाश्च भारत।

भारत ! सहस्रों हंस, शतपत्र, सारस, शुक और नीलकण्ठ आदि पक्षी उनकी प्रदक्षिणा करने लगे ॥ २०½ ॥

आरणेयस्ततो दिव्यं प्राप्य जन्म महाद्युतिः ॥ २१ ॥
तत्रैवोवास मेधावी व्रतचारी समाहितः।

तदनन्तर महातेजस्वी अरणिसम्भूत शुक वह दिव्य जन्म पाकर ब्रह्मचर्यकी दीक्षा ले वहीं रहने लगे। वे बड़े

बुद्धिमान्, व्रतपालक तथा चित्तको एकाग्र रखनेवाले थे॥२१½॥

उत्पन्नमात्रं तं वेदाः सरहस्याः ससंग्रहाः ॥ २२ ॥
उपतस्थुर्महाराज [illegible] पितरं तथा ।

महाराज ! शुकदेवजीके जन्म लेते ही रहस्य और संग्रह-सहित सम्पूर्ण वेद उसी प्रकार उनकी सेवामें उपस्थित हो गये, जैसे वे उनके पिता वेदव्यासकी सेवामें उपस्थित हुए थे ।

बृहस्पतिं च वव्रे [illegible] वेदवेदाङ्गभाष्यवित् ॥ २३ ॥
उपाध्यायं महाराज धर्ममेवानुचिन्तयन् ।

महाराज ! वेद-वेदाङ्गोंकी विस्तृत व्याख्याके ज्ञाता शुकदेवजीने धर्मका विचार करके बृहस्पतिको अपना गुरु बनाया ॥ २३½ ॥

सोऽधीत्य निखिलान् वेदान् सरहस्यान् ससंग्रहान् ॥
इतिहासं [illegible] कार्त्स्न्येन राजशास्त्राणि चा विभो ।
गुरवे दक्षिणां दत्त्वा समावृत्तो महामुनिः ॥ २५ ॥

प्रभो ! महामुनि शुकदेवने उनसे रहस्य और संग्रह-सहित सम्पूर्ण वेदोंका, समूचे इतिहासका तथा राजशास्त्रका भी अध्ययन करके गुरुको दक्षिणा दे समावर्तन संस्कारके पश्चात् घरको प्रस्थान किया ॥ २४-२५ ॥

उग्रं तपः समारेभे ब्रह्मचारी समाहितः ।
देवतानामृषीणां च बाल्येऽपि [illegible] महातपाः ।
सम्मन्त्रणीयो मान्यश्च ज्ञानेन [illegible] तथा ॥ २६ ॥

उन्होंने एकाग्रचित्त हो ब्रह्मचर्यका पालन करते हुए [illegible] प्रारम्भ की । महातपस्वी शुकदेव ज्ञान और तपस्याके द्वारा बाल्यकालमें भी देवताओं तथा ऋषियोंके आदरणीय और उन्हें सलाह देने योग्य हो गये थे ॥ २६ ॥

[illegible] त्वस्य रमते बुद्धिराश्रमेषु नराधिप ।
त्रिषु गार्हस्थ्यमूलेषु मोक्षधर्मानुदर्शिनः ॥ २७ ॥

नरेश्वर ! वे मोक्षधर्मपर ही दृष्टि रखते थे; अतः उनकी बुद्धि गार्हस्थ्य आश्रमपर अवलम्बित रहनेवाले तीनों आश्रमोंमें प्रसन्नताका अनुभव नहीं करती थी ॥ २७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकोत्पत्तौ चतुर्विंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवकी उत्पत्तिविषयक तीन सौ चौबीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३२४ ॥

पञ्चविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

पिताकी आज्ञासे शुकदेवजीका मिथिलामें [illegible] और वहाँ उनका द्वारपाल, मन्त्री और युवती स्त्रियोंके द्वारा सत्कृत होनेके [illegible] ध्यानमें स्थित हो जाना

भीष्म उवाच

स मोक्षमनुचिन्त्यैव शुकः पितरमभ्यगात् ।
प्राहाभिवाद्य [illegible] गुरुं श्रेयोऽर्थी विनयान्वितः ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! शुकदेवजी मोक्षका विचार करते हुए ही अपने पिता एवं गुरु व्यासजीके पास गये और विनीतभावसे उनके चरणोंमें प्रणाम करके कल्याण-प्राप्तिकी इच्छा रखकर उनसे इस प्रकार बोले—॥ १ ॥

मोक्षधर्मेषु कुशलो भगवान् प्रब्रवीतु मे ।
[illegible] मे मनसः शान्तिः परमा सम्भवेत् प्रभो ॥ २ ॥

'प्रभो ! आप मोक्षधर्ममें कुशल हैं; अतः मुझे ऐसा उपदेश दीजिये, जिससे मेरे चित्तको परम शान्ति मिले' ॥२॥

श्रुत्वा पुत्रस्य [illegible] वचः परमर्षिरुवाच तम् ।
अधीष्व पुत्र मोक्षं वै धर्मांश्च विविधानपि ॥ ३ ॥

पुत्रकी वह [illegible] सुनकर महर्षि व्यासने कहा, 'बेटा ! तुम मोक्ष तथा अन्यान्य विविध धर्मोंका अध्ययन करो' ॥३॥

पितुर्नियोगाज्जग्राह शुको धर्मभृतां वरः ।
योगशास्त्रं च निखिलं कापिलं चैव भारत ॥ ४ ॥

भारत ! पिताकी आज्ञासे धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ शुकने सम्पूर्ण योगशास्त्र [illegible] समस्त सांख्यका अध्ययन किया ॥ ४ ॥

स तं ब्राह्म्या श्रि[illegible] युक्तं ब्रह्मतुल्यपराक्रमम् ।
मेने पुत्रं यदा व्यासो मोक्षधर्मविशारदम् ॥ ५ ॥
उवाच गच्छेति तदा जनकं मिथिलेश्वरम् ।
स ते वक्ष्यति मोक्षार्थं निखिलं मिथिलेश्वरः ॥ ६ ॥

जब व्यासजीने यह समझ लिया कि मेरा पुत्र ब्रह्मतेजसे सम्पन्न और मोक्षधर्ममें कुशल हो गया है तथा समस्त शास्त्रोंमें इसकी ब्रह्माके समान गति हो गयी है, तब उन्होंने कहा—'बेटा ! अब तुम मिथिलाके राजा जनकके पास जाओ । वे मिथिलानरेश तुम्हें सम्पूर्ण मोक्षशास्त्रका सार सिद्धान्त बता देंगे' ॥ ५-६ ॥

पितुर्नियोगमादाय जगाम मिथिलां नृप ।
प्रष्टुं धर्मस्य निष्ठां वै मोक्षस्य च परायणम् ॥ ७ ॥

नरेश्वर ! पिताकी [illegible] पाकर शुकदेवजी धर्मकी निष्ठा और मोक्षका परम आश्रय पूछनेके लिये मिथिलाकी ओर [illegible] दिये ॥ ७ ॥

[illegible] मानुषेण त्वं [illegible] गच्छेत्यविस्मितः ।
न प्रभावेण गन्तव्यमन्तरिक्षचरे[illegible] वै ॥ ८ ॥

जाते समय व्यासजीने फिर बिना किसी विस्मयके कहा—'बेटा ! जिस मार्गसे साधारण मनुष्य चलते हों, उसीसे तुम भी जाना । अपनी योगशक्तिका आश्रय लेकर आकाशमार्गसे कदापि यात्रा न करना ॥ ८ ॥

आर्जवेनैव गन्तव्यं न सुखान्वेषिणा तथा ।
नान्वेष्टव्या विशेषास्तु विशेषा हि प्रसङ्गिनः ॥ ९ ॥

'सरलभावसे ही यात्रा करनी चाहिये। रास्तेमें सुख और सुविधाकी खोज नहीं करनी चाहिये। विशेष-विशेष व्यक्तियों अथवा स्थानोंका अनुसंधान न करना; क्योंकि इससे उनके प्रति आसक्ति हो जाती है ॥ ९ ॥

अहंकारो न कर्तव्यो याज्ये तस्मिन् नराधिपे।
स्थातव्यं च वशे तस्य स ते छेत्स्यति संशयम् ॥ १० ॥

'राजा जनक मेरे यजमान हैं, ऐसा समझकर उनके प्रति अहंकार न प्रकट करना तथा सब प्रकारसे उनकी आज्ञाके अधीन रहना। वे तुम्हारी सब शङ्काओंका समाधान कर देंगे ॥ १० ॥

स धर्मकुशलो राजा मोक्षशास्त्रविशारदः।
याज्यो मम स यद् ब्रूयात् तत् कार्यमविशङ्कया ॥ ११ ॥

'मेरे यजमान राजा जनक धर्मनिपुण तथा मोक्षशास्त्रमें प्रवीण हैं। वे तुम्हें जो आज्ञा दें, उसीका निःशङ्क होकर पालन करना' ॥ ११ ॥

एवमुक्तः स धर्मात्मा जगाम मिथिलां मुनिः।
पद्भ्यां शक्तोऽन्तरिक्षेण क्रान्तुं पृथ्वीं ससागराम् ॥ १२ ॥

पिताके ऐसा कहनेपर धर्मात्मा मुनि शुकदेवजी मिथिलाकी ओर चल दिये। यद्यपि वे आकाशमार्गसे सारी पृथ्वीको लाँघ जानेमें समर्थ थे, तो भी पैदल ही चले ॥ १२ ॥

स गिरींश्चाप्यतिक्रम्य नदीतीर्थसरांसि च।
बहुव्यालमृगाकीर्णा ह्यटवीश्च वनानि च ॥ १३ ॥
मेरोर्हरेश्च द्वे वर्षे वर्षं हैमवतं ततः।
क्रमेणैवं व्यतिक्रम्य भारतं वर्षमासदत् ॥ १४ ॥

मार्गमें उन्हें अनेक पर्वत, नदी, तीर्थ और सरोवर पार करने पड़े। बहुत-से सर्पों और वन्य पशुओंसे भरे हुए कितने ही जंगलोंमें होकर जाना पड़ा। उन सबको लाँघकर क्रमशः मेरु (इलावृत) वर्ष, हरिवर्ष और हैमवत (किम्पुरुष) वर्षको पार करते हुए वे भारतवर्षमें आये ॥ १३-१४ ॥

स देशान् विविधान् पश्यंश्चीनहूणनिषेवितान्।
आर्यावर्तमिमं देशमाजगाम महामुनिः ॥ १५ ॥

चीन और हूण जातिके लोगोंसे सेवित नाना प्रकारके देशोंका दर्शन करते हुए महामुनि शुकदेवजी इस आर्यावर्त देशमें आ पहुँचे ॥ १५ ॥

पितुर्वचनमाज्ञाय तमेवार्थं विचिन्तयन्।
अध्वानं सोऽतिचक्राम खेचरः खे चरन्निव ॥ १६ ॥

पिताकी आज्ञा मानकर उसी ज्ञातव्य विषयका चिन्तन करते हुए उन्होंने सारा मार्ग पैदल ही तै किया। जैसे आकाशचारी पक्षी आकाशमें विचरता है, उसी प्रकार वे भूतलपर विचरण करते थे ॥ १६ ॥

पत्तनानि च रम्याणि स्फीतानि नगराणि च।
रत्नानि च विचित्राणि पश्यन्नपि न पश्यति ॥ १७ ॥

रास्तेमें बड़े सुन्दर-सुन्दर शहर और कस्बे तथा समृद्धिशाली नगर दिखायी पड़े। भाँति-भाँतिके विचित्र रत्न दृष्टिगोचर हुए; किंतु शुकदेवजी उनकी ओर देखते हुए भी नहीं देखते थे ॥ १७ ॥

उद्यानानि च रम्याणि तथैवायतनानि च।
पुण्यानि चैव रत्नानि सोऽत्यक्रामदथाध्वगः ॥ १८ ॥

पथिक शुकदेवजीने बहुत-से मनोहर उद्यान तथा घर और मन्दिर देखकर उनकी उपेक्षा कर दी। कितने ही पवित्र रत्न उनके सामने पड़े, परंतु वे सबको लाँघकर आगे बढ़ गये ॥ १८ ॥

सोऽचिरेणैव कालेन विदेहानाससाद ह।
रक्षितान् धर्मराजेन जनकेन महात्मना ॥ १९ ॥

इस प्रकार यात्रा करते हुए वे थोड़े ही समयमें धर्मराज महात्मा जनकद्वारा पालित विदेहप्रान्तमें जा पहुँचे ॥ १९ ॥

तत्र ग्रामान् बहून् पश्यन् बह्वन्नरसभोजनान्।
पल्लीघोषान् समृद्धांश्च बहुगोकुलसंकुलान् ॥ २० ॥

वहाँ बहुत-से गाँव उनकी दृष्टिमें आये, जहाँ अन्न, पानी तथा नाना प्रकारकी खाद्य सामग्री प्रचुर मात्रामें मौजूद थी। छोटी-छोटी टोलियाँ तथा गोष्ठ (गौओंके रहनेके स्थान) भी दृष्टिगोचर हुए, जो बड़े समृद्धिशाली और बहुसंख्यक गोसमुदायोंसे भरे हुए थे ॥ २० ॥

स्फीतांश्च शालियवसैर्हंससारससेवितान्।
पद्मिनीभिश्च शतशः श्रीमतीभिरलङ्कृतान् ॥ २१ ॥

सारे विदेहप्रान्तमें सब ओर अगहनी धानकी खेती लहलहा रही थी। वहाँके निवासी धन-धान्यसे सम्पन्न थे। उस देशमें चारों ओर हंस और सारस निवास करते थे। कमलोंसे अलंकृत सैकड़ों सुन्दर सरोवर विदेहराज्यकी शोभा बढ़ा रहे थे ॥ २१ ॥

स विदेहानतिक्रम्य समृद्धजनसेवितान्।
मिथिलोपवनं रम्यमाससाद समृद्धिमत् ॥ २२ ॥

इस प्रकार समृद्धिशाली मनुष्योंद्वारा सेवित विदेहदेशको लाँघकर वे मिथिलाके समृद्धिसम्पन्न रमणीय उपवनके पास जा पहुँचे ॥ २२ ॥

हस्त्यश्वरथसंकीर्णं नरनारीसमाकुलम्।
पश्यन्नपश्यन्निव तत् समतिक्रामदच्युतः ॥ २३ ॥

वह स्थान हाथी, घोड़े और रथोंसे भरा था। असंख्य नर-नारी वहाँ आते-जाते दिखायी देते थे। अपनी मर्यादासे कभी च्युत न होनेवाले शुकदेवजी वह सब देखकर भी नहीं देखते हुए-से वहाँसे आगे बढ़ गये ॥ २३ ॥

मनसा तं वहन् भारं तमेवार्थं विचिन्तयन्।
आत्मारामः प्रसन्नात्मा मिथिलामाससाद ह ॥ २४ ॥

मनसे जिज्ञासाका भार वहन करते और उस ज्ञेय वस्तु-

राजा जनकके द्वारपर शुकदेवजी

ही चिन्तन करते हुए आत्माराम प्रसन्नचित्त शुकदेवने मिथिलामें प्रवेश किया ॥ २४ ॥

द्वारं निःशङ्कः प्रविवेश ह ।
तत्रापि द्वारपालास्तमुग्रवाचा न्यषेधयन् ॥ २५ ॥

नगरद्वारपर पहुँचकर वे निःशङ्कभावसे उसके भीतर प्रवेश करने लगे। तब वहाँ द्वारपालोंने कठोर वाणीद्वारा उन्हें डाँटकर भीतर जानेसे रोक दिया ॥ २५ ॥

तथैव च शुकस्तत्र निर्मन्युः समतिष्ठत ।
न चातपाध्वसंतप्तः क्षुत्पिपासाश्रमान्वितः ॥ २६ ॥

शुकदेवजी वहीं खड़े हो गये; किंतु उनके मनमें किसी प्रकारका खेद या क्रोध नहीं हुआ। रास्तेकी थकावट और सूर्यकी धूपसे उन्हें संताप नहीं पहुँचा था। भूख और प्यास उन्हें नहीं दे सकी थी ॥ २६ ॥

प्रताम्यति ग्लायति वा नापैति च तथाऽऽतपात् ।
तेषां तु द्वारपालानामेकः शोकसमन्वितः ॥ २७ ॥

वे उस धूपसे न तो होते थे, न ग्लानिका अनुभव करते थे और न धूपसे हटकर छायामें ही जाते थे। उस समय उन द्वारपालोंमेंसे एकको अपने व्यवहारपर बड़ा दुःख हुआ ॥ २७ ॥

मध्यं गतमिवादित्यं दृष्ट्वा शुकमवस्थितम् ।
पूजयित्वा यथान्यायमभिवाद्य कृताञ्जलिः ॥ २८ ॥
प्रावेशयत् ततः कक्ष्यां द्वितीयां राजवेश्मनः ।

उसने मध्याह्नकालीन तेजस्वी सूर्यकी भाँति शुकदेवजीको चुपचाप खड़ा देख हाथ जोड़कर प्रणाम किया और शास्त्रीय विधिके अनुसार उनकी यथोचित पूजा करके उन्हें राजभवनकी दूसरी कक्षामें पहुँचा दिया ॥ २८½ ॥

तत्रासीनः शुकस्तात मोक्षमेवान्वचिन्तयत् ॥ २९ ॥
छायायामातपे चैव समदर्शी महाद्युतिः ।

तात ! वहाँ जगह बैठकर महातेजस्वी शुकदेवजी मोक्षका ही चिन्तन करने लगे। धूप हो छाया, दोनोंमें उनकी समान दृष्टि थी ॥ २९½ ॥

तं मुहूर्तादिवागम्य राज्ञो मन्त्री कृताञ्जलिः ॥ ३० ॥
प्रावेशयत् ततः कक्ष्यां तृतीयां राजवेश्मनः ।

थोड़ी ही देरमें राजमन्त्री हाथ जोड़े हुए वहाँ पधारे और उन्हें अपने महलकी तीसरी ड्योढ़ीमें ले गये ॥

तत्रान्तःपुरसम्बद्धं महच्चैत्ररथोपमम् ॥ ३१ ॥
सुविभक्तजलाक्रीडं रम्यं पुष्पितपादपम् ।
शुकं प्रावेशयन्मन्त्री प्रमदावनमुत्तमम् ॥ ३२ ॥

वहाँ अन्तःपुरसे सटा हुआ एक बहुत सुन्दर विशाल बगीचा था,जो चैत्ररथ वनके समान मनोहर जान पड़ता था। उसमें पृथक्-पृथक् जलक्रीड़ाके लिये अनेक सुन्दर जलाशय बने हुए थे। वह रमणीय उपवन खिले हुए वृक्षोंसे सुशोभित होता था। उस उत्तम उद्यानका नाम था प्रमदावन। मन्त्रीने शुकदेवजीको उसके भीतर पहुँचा दिया ॥ ३१-३२ ॥

स तस्यासनमादिश्य निश्चक्राम पुनः ।
तं चारुवेषाः सुश्रोण्यस्तरुण्यः प्रियदर्शनाः ॥ ३३ ॥
सूक्ष्मरक्ताम्बरधरास्तप्तकाञ्चनभूषणाः ।
संलापोल्लापकुशला नृत्यगीतविशारदाः ॥ ३४ ॥
स्मितपूर्वाभिभाषिण्यो रूपेणाप्सरसां समाः ।
कामोपचारकुशला सर्वकोविदाः ॥ ३५ ॥
परं पञ्चाशतं नार्यो वारमुख्याः समाद्रवन् ।

वहाँ उनके लिये सुन्दर आसन बताकर राजमन्त्री पुनः प्रमदावनसे बाहर निकल आये। मन्त्रीके जाते ही पचास प्रमुख वाराङ्गनाएँ शुकदेवजीके पास दौड़ी आयीं। उनकी वेषभूषा बड़ी मनोहारिणी थी। वे सब-की-सब देखनेमें परम सुन्दरी और नवयुवती थीं। वे सुरम्य कटिप्रदेशसे सुशोभित थीं। उनके सुन्दर अङ्गोंपर लाल रंगकी महीन साड़ियाँ शोभा रही थीं। तपाये हुए सुवर्णके आभूषण उनका सौन्दर्य बढ़ा रहे थे। वे बातचीत करनेमें कुशल और नाचने-गानेकी कलामें बड़ी प्रवीण थीं। उनका रूप अप्सराओंके समान था, वे मन्द मुसकानके साथ बातें करतीं और दूसरोंके मनका लेती थीं। कामचर्यामें कुशल और सम्पूर्ण कलाओं- विशेष ज्ञान रखनेवाली थीं ॥ ३३—३५½ ॥

पाद्यादीनि प्रतिग्राह्य पूजया पर्यार्चयन् ॥ ३६ ॥
कालोपपन्नेन तदा स्वाद्वन्नेनाभ्यतर्पयन् ।

उन्होंने पाद्य, अर्घ्य आदि निवेदन करके उत्तम विधिसे शुकदेवजीका पूजन किया और उन्हें समयानुकूल स्वादिष्ट अन्न भोजन कराकर पूर्णतः तृप्त किया ॥ ३६½ ॥

तस्य भुक्तवतस्तात तदन्तःपुरकाननम् ॥ ३७ ॥
सुरम्यं दर्शयामासुरेकैकश्येन ।

! भरतनन्दन ! जब वे भोजन कर चुके, तब वे वाराङ्गनाएँ उन्हें साथ लेकर अन्तःपुरके सुरम्य कानन— प्रमदावनकी सैर कराने और वहाँकी एक-एक वस्तुको दिखाने लगीं ॥ ३७½ ॥

क्रीडन्त्यश्च हसन्त्यश्च गायन्त्यश्चापि ताः शुभम् ॥ ३८ ॥
उदारसत्त्वं सत्त्वज्ञाः स्त्रियः पर्यचरंस्तथा ।

उस समय वे हँसती, गाती तथा नाना प्रकारकी सुन्दर क्रीड़ाएँ करती थीं। मनके भावको समझनेवाली वे सुन्दरियाँ उन उदारचित्त शुकदेवजीकी सब प्रकारसे सेवा करने लगीं ॥

आरणेयस्तु शुद्धात्मा निःसंदेहः स्वकर्मकृत् ॥ ३९ ॥
वश्येन्द्रियो जितक्रोधो न हृष्यति कुप्यति ।

परंतु अरणिसम्भव शुकदेवजीका अन्तःकरण पूर्णतः शुद्ध । वे इन्द्रियों और क्रोधपर विजय पा चुके थे। उन्हें न तो किसी बातपर हर्ष होता था और न वे किसीपर क्रोध ही

करते थे। उनके मनमें किसी प्रकारका संदेह नहीं था और वे सदा अपने कर्तव्यका पालन किया करते थे ॥ ३९½ ॥

तस्मै शय्यासनं दिव्यं देवार्हं रत्नभूषितम् ॥ ४० ॥
स्पर्ध्यास्तरणसंकीर्णं ददुस्ताः परमस्त्रियः ।

उन सुन्दरी रमणियोंने देवताओंके बैठने योग्य एक दिव्य पलंग, जिसमें रत्न जड़े हुए थे और जिसपर बहुमूल्य बिछौने बिछे थे, शुकदेवजीको सोनेके लिये दिया ॥ ४०½ ॥

पादशौचं तु कृत्वैव शुकः संध्यामुपास्य च ॥ ४१ ॥
निषसादासने पुण्ये तमेवार्थं विचिन्तयन् ।
पूर्वरात्रे तु तत्रासौ भूत्वा ध्यानपरायणः ॥ ४२ ॥
मध्यरात्रे यथान्यायं निद्रामाहारयत् प्रभुः ।

परंतु शुकदेवजीने पहले हाथ-पैर धोकर संध्योपासना की। उसके बाद पवित्र आसनपर बैठकर वे मोक्षतत्त्वका ही विचार करने लगे। रातके पहले पहरमें वे ध्यानस्थ होकर बैठे रहे। फिर रात्रिके मध्यभाग (दूसरे और तीसरे पहर) में प्रभावशाली शुकने यथोचित निद्राको स्वीकार किया ॥

ततो मुहूर्तादुत्थाय कृत्वा शौचमनन्तरम् ॥ ४३ ॥
स्त्रीभिः परिवृतो धीमान् ध्यानमेवान्वपद्यत ॥ ४४ ॥

तदनन्तर जब दो घड़ी रात बाकी रह गयी, ब्रह्मवेलामें वे पुनः उठ गये और शौच-स्नान करनेके अनन्तर बुद्धिमान् शुकदेव फिर परमात्माके ध्यानमें ही निमग्न हो गये। भी वे सुन्दरी स्त्रियाँ उन्हें घेरकर बैठी थीं ॥४३-४४॥

अनेन विधिना कार्ष्णिस्तदहःशेषमच्युतः ।
तां च रात्रिं नृपकुले वर्तयामास भारत ॥ ४५ ॥

भरतनन्दन ! इस विधिसे अपनी मर्यादासे च्युत न होनेवाले व्यासनन्दन शुकने दिनका शेष भाग और समूची रात राजभवनमें रहकर व्यतीत की ॥ ४५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकोत्पत्तौ पञ्चविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुककी उत्पत्तिविषयक तीन सौ पचीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥३२५॥

षड्विंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

राजा जनकके द्वारा शुकदेवजीका पूजन तथा उनके प्रश्नका समाधान करते हुए ब्रह्मचर्याश्रममें परमात्माकी प्राप्ति होनेके बाद अन्य तीनों आश्रमोंकी अनावश्यकताका प्रतिपादन करना तथा मुक्त पुरुषके लक्षणोंका वर्णन

भीष्म उवाच

ततः स राजा जनको मन्त्रिभिः सह भारत ।
पुरः पुरोहितं कृत्वा सर्वाण्यन्तःपुराणि च ॥ १ ॥
आसनं च पुरस्कृत्य रत्नानि विविधानि च ।
शिरसा चार्घ्यमादाय गुरुपुत्रं समभ्यगात् ॥ २ ॥

भीष्मजी कहते हैं—भारत ! तदनन्तर मन्त्रियोंसहित राजा जनक अन्तःपुरकी सम्पूर्ण स्त्रियों और पुरोहितको आगे करके आसन तथा नाना प्रकारके रत्नोंकी भेंट लिये मस्तकपर अर्घ्यपात्र रखकर गुरुपुत्र शुकदेवजीके पास आये ॥ १-२ ॥

स तदाऽऽसनमादाय बहुरत्नविभूषितम् ।
स्पर्ध्यास्तरणसंस्तीर्णं सर्वतोभद्रमृद्धिमत् ॥ ३ ॥
पुरोधसा संगृहीतं हस्तेनालभ्य पार्थिवः ।
प्रददौ गुरुपुत्राय शुकाय परमार्चितम् ॥ ४ ॥

उस समय जिसे पुरोहितने ले रखा था, वह सर्वतोभद्र नामक बहुरत्नजटित आसन, जिसपर मूल्यवान् बिछौने बिछे हुए थे, उनके हाथसे अपने हाथमें लेकर राजा जनकने गुरुपुत्र शुकदेवको समर्पित किया। वह आसन समृद्धिसे सम्पन्न था ॥

तत्रोपविष्टं तं कार्ष्णिं शास्त्रतः प्रत्यपूजयत् ।
पाद्यं निवेद्य प्रथममर्घ्यं गां च न्यवेदयत् ॥ ५ ॥

व्यासपुत्र शुकदेव जब उस आसनपर विराजमान हुए, तब राजा जनकने शास्त्रके अनुसार उनका पूजन आरम्भ किया। पहले पाद्य और अर्घ्य आदि निवेदन करके राजाने उन्हें एक गौ प्रदान की ॥ ५ ॥

राजा जनकके द्वारा शुकदेवजीका पूजन

स च तां मन्त्रवत्पूजां प्रत्यगृह्णाद् यथाविधि ।
प्रतिगृह्य [illegible] तां पूजां जनकाद् द्विजसत्तमः ॥ ६ ॥
गां चैव समनुज्ञाय राजानमनुमान्य च ।
पर्यपृच्छन्महातेजा राज्ञः कुशलमव्ययम् ॥ ७ ॥

द्विजश्रेष्ठ शुकदेवजीने राजा जनककी ओरसे [illegible] हुई [illegible] मन्त्रयुक्त सविधि पूजा स्वीकार की। पूजा ग्रहण करनेके पश्चात् गोदान स्वीकार करके राजाको आदर देते हुए महातेजस्वी शुकने [illegible] सदा बना रहनेवाला कुशल-समाचार पूछा ॥ ६-७ ॥

अनामयं च राजेन्द्र शुकः सानुचरस्य ह ।
अनुशिष्टस्तु तेनासौ निषसाद सहानुगः ॥ ८ ॥
उदारसत्त्वाभिजनो भूमौ [illegible] कृताञ्जलिः ।
कुशलं [illegible] [illegible] पृष्ट्वा वैयासकिं नृपः ।
किमागमनमित्येवं पर्यपृच्छत पार्थिवः ॥ ९ ॥

राजेन्द्र ! सेवकोंसहित राजाके आरोग्यका समाचार भी उन्होंने पूछा। फिर उनकी [illegible] [illegible] राजा अपने अनुचरवर्गके साथ वहाँ हाथ जोड़े हुए भूमिपर ही बैठ गये। राजाका हृदय तो उदार था ही, उनका कुल भी परम उदार था। उन पृथ्वीपति नरेशने व्यासनन्दन शुकसे उनके कुशल-मङ्गलकी जिज्ञासा करके पूछा—'ब्रह्मन्! किस निमित्तसे यहाँ आपका शुभागमन हुआ है ?' ॥ ८-९ ॥

शुक उवाच

पित्राहमुक्तो भद्रं ते मोक्षधर्मार्थकोविदः ।
विदेहराजो याज्यो मे जनको [illegible] विश्रुतः ॥ १० ॥
[illegible] गच्छस्व वै तूर्णं यदि ते हृदि संशयः ।
प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा स ते च्छेत्स्यति संशयम् ॥ ११ ॥

शुकदेवजीने कहा—राजन्! आपका कल्याण हो। मेरे पिताजीने मुझसे कहा है कि मेरे यजमान लोकप्रसिद्ध विदेहराज [illegible] मोक्षधर्मके विशेषज्ञ हैं। यदि प्रवृत्ति या निवृत्ति-धर्मके विषयमें तुम्हारे हृदयमें कोई संदेह हो तो तुरत ही उनके पास चले जाओ। वे तुम्हारी सारी शङ्काओंका समाधान कर देंगे ॥

सोऽहं पितुर्नियोगात् त्वामुपप्रष्टुमिहागतः ।
तन्मे धर्मभृतां श्रेष्ठ यथावद् वक्तुमर्हसि ॥ १२ ॥

धर्मात्माओंमें श्रेष्ठ नरेश! पिताकी इस आज्ञासे ही मैं यहाँ आपके [illegible] [illegible] पूछनेके लिये आया हूँ। आप मेरे प्रश्नोंका यथावत् उत्तर दें ॥ १२ ॥

[illegible] कार्यं ब्राह्मणेनेह मोक्षार्थश्च किमात्मकः ।
[illegible] च मोक्षः प्राप्तव्यो ज्ञानेन [illegible] ॥ १३ ॥

[illegible] कर्तव्य क्या है ? मोक्षनामक पुरुषार्थका क्या स्वरूप है ? उस मोक्षको ज्ञानसे अथवा तपस्यासे किस साधनसे प्राप्त किया जा सकता है ? ॥ १३ ॥

जनक उवाच

यत् कार्यं ब्राह्मणेनेह जन्मप्रभृति तच्छृणु ।
कृतोपनयनस्तात भवेद् वेदपरायणः ॥ १४ ॥

जनकने कहा—तात ! ब्राह्मणको जन्मसे लेकर जो-जो कर्म करने चाहिये, उनको सुनिये—यज्ञोपवीत संस्कार हो जानेके बाद ब्राह्मण-बालकको वेदाध्ययनमें तत्पर होना चाहिये ॥

[illegible] गुरुवृत्त्या [illegible] ब्रह्मचर्येण [illegible] विभो ।
देवतानां पितृणां चाप्यनृणो ह्यनसूयकः ॥ १५ ॥
वेदानधीत्य नियतो दक्षिणामपवर्ज्य च ।
अभ्यनुज्ञामथ प्राप्य समावर्तेत वै द्विजः ॥ १६ ॥

प्रभो ! तपस्या, गुरुकी सेवा [illegible] ब्रह्मचर्यका पालन—इन तीन कर्मोंके साथ-साथ वेदाध्ययनका कार्य सम्पन्न करना चाहिये। हवनकर्मद्वारा देवताओंके और तर्पणद्वारा वह पितरोंके ऋणसे [illegible] होनेका [illegible] करे। किसीके दोष न देखे और संयमपूर्वक रहकर वेदाध्ययन [illegible] करनेके पश्चात् गुरुको दक्षिणा दे और उनकी आज्ञा लेकर समावर्तन-संस्कारके पश्चात् घरको लौटे ॥ १५-१६ ॥

समावृत्तश्च गार्हस्थ्ये स्वदारनिरतो वसेत् ।
अनसूयुर्यथान्यायमाहिताग्निस्तथैव च ॥ १७ ॥

घर आनेपर विवाह करके गार्हस्थ्यधर्मका पालन करे और अपनी ही स्त्रीके प्रति अनुराग रखे। दूसरोंके दोष न देखकर सबके साथ यथोचित बर्ताव करे और अग्निकी स्थापनाके पश्चात् प्रतिदिन अग्निहोत्र करता रहे ॥ १७ ॥

उत्पाद्य पुत्रपौत्रं तु वन्याश्रमपदे वसेत् ।
तानेवाग्नीन् यथाशास्त्रमर्चयन्नतिथिप्रियः ॥ १८ ॥

वहाँ पुत्र-पौत्र उत्पन्न करके पुत्रको गार्हस्थ्यधर्मका भार सौंपकर वनमें [illegible] वानप्रस्थ आश्रममें रहे। [illegible] समय भी शास्त्रविधिके अनुसार उन्हीं गार्हपत्य आदि अग्नियोंकी आरा[illegible] करते हुए अतिथियोंका प्रेमपूर्वक सत्कार करे ॥ १८ ॥

स वनेऽग्नीन् यथान्यायमात्मन्यारोप्य धर्मवित् ।
निर्द्वन्द्वो वीतरागात्मा ब्रह्माश्रमपदे वसेत् ॥ १९ ॥

इसके बाद धर्मज्ञ पुरुष शास्त्रीय विधिके अनुसार अग्निहोत्रकी अग्नियोंका आत्मामें आरोप करके निर्द्वन्द्व एवं वीतराग होकर ब्रह्मचिन्तनसे सम्बन्ध रखनेवाले संन्यास-आश्रममें प्रवेश करे ॥ १९ ॥

शुक उवाच

उत्पन्ने ज्ञानविज्ञाने निर्द्वन्द्वे हृदि शाश्वते ।
किमवश्यं निवस्तव्यमाश्रमेषु भवेत् त्रिषु ॥ २० ॥

शुकदेवजीने पूछा—राजन् ! यदि किसीके हृदयमें ब्रह्मचर्य आश्रममें ही सनातन ज्ञान-विज्ञान प्रकट हो [illegible] और हृदयके राग-द्वेष आदि द्वन्द्व दूर हो जायँ तो भी [illegible] उसके लिये शेष तीन आश्रमोंमें [illegible] आवश्यक है ? ॥ २० ॥

एतद् भवन्तं पृच्छामि तद् भवान् वक्तुमर्हति ।
[illegible] वेदार्थतत्त्वेन ब्रूहि मे त्वं जनाधिप ॥ २१ ॥

नरेश्वर ! मैं यही बात आपसे पूछता हूँ। आप मुझे यह

बतानेकी कृपा करें। वेदके वास्तविक सिद्धान्तके अनुसार [illegible] करना उचित है। यह आप मुझे बताइये ॥ २१ ॥

जनक उवाच

न विना ज्ञानविज्ञाने मोक्षस्याधिगमो भवेत्।
न विना गुरुसम्बन्धं ज्ञानस्याधिगमः स्मृतः ॥ २२ ॥

जनकने कहा—ब्रह्मन्! जैसे ज्ञान-विज्ञानके बिना मोक्षकी प्राप्ति नहीं होती, उसी प्रकार सद्गुरुसे सम्बन्ध हुए बिना ज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो सकती ॥ २२ ॥

गुरुः प्लावयिता तस्य ज्ञानं प्लव इहोच्यते।
विज्ञाय कृतकृत्यस्तु तीर्णस्तदुभयं त्यजेत् ॥ २३ ॥

गुरु इस संसारसागरसे पार उतारनेवाले हैं और उनका दिया हुआ ज्ञान यहाँ नौकाके समान बताया [illegible] है। मनुष्य उस ज्ञानको पाकर भवसागरसे पार और कृतकृत्य हो [illegible] है। जैसे नदीको पार कर लेनेपर मनुष्य नाव और नाविक दोनोंको छोड़ देता है, उसी प्रकार [illegible] हुआ पुरुष गुरु और ज्ञान दोनोंको छोड़ दे ॥ २३ ॥

अनुच्छेदाय लोकानामनुच्छेदाय कर्मणाम्।
पूर्वैराचरितो धर्मश्चातुराश्रम्यसंकटः ॥ २४ ॥

पहलेके विद्वान् लोकमर्यादाकी तथा कर्मपरम्पराकी [illegible] करनेके लिये चारों आश्रमोंसहित वर्णधर्मोंका [illegible] करते थे ॥

अनेन क्रमयोगेन बहुजातिषु कर्मणाम्।
हित्वा शुभाशुभं कर्म मोक्षो नामेह लभ्यते ॥ २५ ॥

इस तरह क्रमशः नाना प्रकारके कर्मोंका अनुष्ठान करते हुए शुभाशुभ कर्मोंकी आसक्तिका परित्याग करनेसे यहाँ मोक्षकी प्राप्ति होती है ॥ २५ ॥

भावितैः करणैश्चायं बहुसंसारयोनिषु।
आसादयति शुद्धात्मा मोक्षं वै प्रथमाश्रमे ॥ २६ ॥

अनेक जन्मोंसे कर्म करते-करते जब सम्पूर्ण इन्द्रियाँ पवित्र हो जाती हैं, [illegible] शुद्ध अन्तःकरणवाला मनुष्य पहले ही आश्रममें अर्थात् ब्रह्मचर्याश्रममें मोक्षरूप ज्ञान [illegible] सकता है ॥ २६ ॥

तमासाद्य तु मुक्तस्य दृष्टार्थस्य विपश्चितः।
त्रिष्वाश्रमेषु को न्वर्थो भवेत् परमभीप्सतः ॥ २७ ॥

उसे [illegible] जब ब्रह्मचर्य-आश्रममें ही [illegible] साक्षात्कार हो [illegible] तो परमात्माको चाहनेवाले जीवन्मुक्त विद्वान्के लिये शेष तीन आश्रमोंमें जानेकी क्या [illegible] है। अर्थात् कोई आवश्यकता नहीं है ॥ २७ ॥

राजसांस्तामसांश्चैव नित्यं दोषान् विवर्जयेत्।
सात्त्विकं मार्गमास्थाय पश्येदात्मानमात्मना ॥ २८ ॥

विद्वान्को चाहिये कि [illegible] राजस और तामस दोषोंका सदा [illegible] परित्याग कर दे और सात्त्विक मार्गका आश्रय लेकर बुद्धिके द्वारा आत्माका साक्षात्कार करे ॥ २८ ॥

सर्वभूतेषु चात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
सम्पश्यन्नोपलिप्येत जले वारिचरो यथा ॥ २९ ॥

जो सम्पूर्ण भूतोंमें आत्माको और आत्मामें सम्पूर्ण भूतोंको देखता है, वह संसारमें उसी तरह कहीं भी आसक्त नहीं होता जैसे जलचर पक्षी जलमें रहकर भी उससे लिप्त नहीं होता ॥ २९ ॥

पक्षिवत् प्लवणादूर्ध्वममुत्रानन्त्यमश्नुते।
विहाय देहान्निर्मुक्तो निर्द्वन्द्वः प्रशमं गतः ॥ ३० ॥

वह तो घोंसलेको छोड़कर उड़ जानेवाले पक्षीकी भाँति इस देहसे पृथक् हो निर्द्वन्द्व एवं शान्त होकर परलोकमें अक्षयपद (मोक्ष) को प्राप्त हो जाता [illegible] ॥ ३० ॥

[illegible] गाथाः पुरा गीताः शृणु राज्ञा ययातिना।
धार्यन्ते या द्विजैस्तात मोक्षशास्त्रविशारदैः ॥ ३१ ॥

तात! इस विषयमें पूर्वकालमें राजा ययातिके [illegible] गायी हुई गाथाएँ सुनिये, जिन्हें मोक्षशास्त्रके ज्ञाता द्विज [illegible] याद रखते हैं ॥ ३१ ॥

ज्योतिरात्मनि नान्यत्र सर्वजन्तुषु तत् समम्।
स्वयं च शक्यते द्रष्टुं सुसमाहितचेतसा ॥ ३२ ॥

अपने भीतर ही आत्मज्योतिका [illegible] है, अन्यत्र नहीं। [illegible] ज्योति सम्पूर्ण प्राणियोंके भीतर समानरूपसे स्थित है। अपने चित्तको भलीभाँति एकाग्र करनेवाला उसको स्वयं देख सकता है ॥ ३२ ॥

न बिभेति परो यस्मान्न बिभेति पराच्च यः।
[illegible] नेच्छति न द्वेष्टि [illegible] सम्पद्यते तदा ॥ ३३ ॥

जिससे दूसरा कोई प्राणी नहीं डरता, जो स्वयं दूसरे किसी प्राणीसे भयभीत नहीं होता तथा जो [illegible] तो किसी वस्तुकी इच्छा करता है और न किसीसे द्वेष ही [illegible] है, वह [illegible] ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है ॥ ३३ ॥

[illegible] भावं न कुरुते सर्वभूतेषु पापकम्।
कर्मणा मनसा वाचा [illegible] सम्पद्यते तदा ॥ ३४ ॥

जब मनुष्य मन, वाणी [illegible] क्रियाके द्वारा किसी भी प्राणीके प्रति पापभाव नहीं करता अर्थात् समस्त प्राणियोंमें द्वेषरहित हो [illegible] है, उस समय वह ब्रह्मभावको [illegible] हो [illegible] है ॥ ३४ ॥

संयोज्य मनसाऽऽत्मानमीर्ष्यामुत्सृज्य मोहनीम्।
त्यक्त्वा कामं च मोहं च तदा ब्रह्मत्वमश्नुते ॥ ३५ ॥

[illegible] मोहमें डालनेवाली ईर्ष्या, काम एवं मोहका त्याग करके [illegible] अपने मनको आत्मामें [illegible] देता है, उस समय वह ब्रह्मको [illegible] हो जाता है ॥ ३५ ॥

यदा श्राव्ये च दृश्ये च सर्वभूतेषु चाप्ययम्।
समो भवति निर्द्वन्द्वो ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥ ३६ ॥

जब यह साधक सुनने और देखने योग्य पदार्थोंमें [illegible]

सम्पूर्ण प्राणियोंमें समान भाववाला हो जाता है एवं [illegible] दुःख आदि द्वन्द्वोंसे रहित हो [illegible] है, [illegible] ब्रह्म-भावको प्राप्त हो जाता है ॥ ३६ ॥

यदा स्तुतिं च निन्दां च समत्वेनैव पश्यति ।
काञ्चनं चायसं चैव सुखं दुःखं तथैव च ॥ ३७ ॥
शीतमुष्णं तथैवार्थमनर्थं प्रियमप्रियम् ।
[illegible] मरणं चैव [illegible] सम्पद्यते तदा ॥ ३८ ॥

जिस समय मनुष्य निन्दा और स्तुतिको समान भावसे [illegible] है, सोना-लोहा, सुख-दुःख, सर्दी-गर्मी, अर्थ-अनर्थ, प्रिय-अप्रिय तथा जीवन-मरणमें भी उसकी [illegible] जाती है, उस [illegible] वह साक्षात् ब्रह्मभावको [illegible] हो जाता है ॥ ३७-३८ ॥

प्रसार्येह यथाङ्गानि कूर्मः संहरते पुनः ।
तथेन्द्रियाणि मनसा संयन्तव्यानि भिक्षुणा ॥ ३९ ॥

[illegible] कछुआ अपने अङ्गोंको फैलाकर फिर समेट लेता है, उसी [illegible] संन्यासीको मनके द्वारा इन्द्रियोंपर नियन्त्रण रखना चाहिये ॥ ३९ ॥

तमःपरिगतं वेश्म [illegible] दीपेन दृश्यते ।
तथा बुद्धिप्रदीपेन [illegible] आत्मा निरीक्षितुम् ॥ ४० ॥

जैसे अन्धकारसे आच्छादित हुआ घर दीपकके [illegible] से देखा जाता है, उसी प्रकार अज्ञानान्धकारसे [illegible] आत्माका विशुद्ध बुद्धिरूपी दीपकके द्वारा साक्षात्कार किया जा सकता है ॥ ४० ॥

एतत् सर्वं च पश्यामि त्वयि बुद्धिमतां वर ।
यच्चान्यदपि वेत्तव्यं तत्त्वतो वेद तद् भवान् ॥ ४१ ॥

बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ शुकदेवजी ! उपर्युक्त सारी बातें मुझे आपके भीतर दिखायी देती हैं। इनके अतिरिक्त भी जो कुछ जानने योग्य [illegible] है, उसे आप ठीक-ठीक जानते हैं ॥

ब्रह्मर्षे विदितश्चासि विषयान्तमुपागतः ।
गुरोस्तव प्रसादेन तव चैवोपशिक्षया ॥ ४२ ॥

ब्रह्मर्षे ! [illegible] आपको अच्छी [illegible] गया । आप अपने पिताजीकी [illegible] और उन्हींसे मिली हुई शिक्षा-द्वारा विषयोंसे परे हो चुके हैं ॥ ४२ ॥

तस्यैव च [illegible]सादेन प्रादुर्भूतं महामुने ।
ज्ञानं दिव्यं ममापीदं तेनासि विदितो मम ॥ ४३ ॥

महामुने ! उन्हीं गुरुदेवकी कृपासे मुझे भी यह दिव्य ज्ञान [illegible] हुआ है, जिससे [illegible] आपकी स्थितिको ठीक-ठीक समझ [illegible] हूँ ॥ ४३ ॥

अधिकं तव विज्ञानमधिका च गतिस्तव ।
अधिकं तव चैश्वर्यं तच्च त्वं नावबुध्यसे ॥ ४४ ॥

आपका विज्ञान, आपकी गति और आपका ऐश्वर्य—ये सभी अधिक हैं; परंतु आपको इस बातका [illegible] नहीं है ॥ ४४ ॥

बाल्याद् वा संशयाद् वापि भयाद् वाप्यविमोक्षजात् ।
उत्पन्ने चापि विज्ञाने नाधिगच्छति तां गतिम् ॥ ४५ ॥

बालस्वभावके कारण, संशयसे अथवा मोक्ष न मिलनेके काल्पनिक भयसे मनुष्यको विज्ञान प्राप्त हो जानेपर भी मोक्षकी प्राप्ति नहीं होती ॥ ४५ ॥

व्यवसायेन शुद्धेन मद्विधैश्छिन्नसंशयः ।
विमुच्य हृदयग्रन्थीनासादयति तां गतिम् ॥ ४६ ॥

मेरे-जैसे लोगोंके द्वारा जिसका [illegible] नष्ट हो गया है, वह साधक विशुद्ध निश्चयके द्वारा हृदयकी गाँठें खोलकर उस परमगतिको [illegible] लेता है ॥ ४६ ॥

भवांश्चोत्पन्नविज्ञानः स्थिरबुद्धिरलोलुपः ।
व्यवसायादृते ब्रह्मन्नासादयति तत्परम् ॥ ४७ ॥

ब्रह्मन् ! आपको [illegible] हो चुका है । आपकी बुद्धि भी स्थिर है तथा आपमें विषयलोलुपताका भी सर्वथा [illegible] हो गया है, परंतु विशुद्ध निश्चयके बिना कोई परमात्म-भावको नहीं प्राप्त होता है ॥ ४७ ॥

[illegible] ते सुखदुःखेषु विशेषो नास्ति लोलुपः ।
नौत्सुक्यं नृत्यगीतेषु न [illegible] उपजायते ॥ ४८ ॥

[illegible] सुख-दुःखमें कोई अन्तर नहीं समझते । आपके मनमें लोभ नहीं है । आपको न तो नाच देखनेकी उत्कण्ठा होती है और न गीत सुननेकी । किसी विषयके प्रति आपके मनमें राग नहीं उत्पन्न होता है ॥ ४८ ॥

न बन्धुष्वनुबन्धस्ते न भयेष्वस्ति ते भयम् ।
पश्यामि त्वां महाभाग तुल्यलोष्टाश्मकाञ्चनम् ॥ ४९ ॥

[illegible] ! न तो भाई-बन्धुओंमें आपकी आसक्ति है, न भयदायक पदार्थोंसे आपको [illegible] ही होता है । [illegible] देखता हूँ, आपके लिये मिट्टीके ढेले, पत्थर और सुवर्ण एक-से [illegible] ॥ ४९ ॥

अहं त्वामनुपश्यामि ये चाप्यन्ये मनीषिणः ।
आस्थितं परमं मार्गमक्षयं तमनामयम् ॥ ५० ॥

मैं तथा दूसरे मनीषी पुरुष भी आपको अक्षय एवं अनामय परम मार्ग (मोक्ष) में स्थित मानते हैं ॥ ५० ॥

यत् फलं ब्राह्मणस्येह मोक्षार्थश्च यदात्मकः ।
तस्मिन् वै वर्तसे ब्रह्मन् किमन्यत् परिपृच्छसि ॥ ५१ ॥

ब्रह्मन् ! इस जगत्में ब्राह्मण होनेका जो फल है और मोक्षका जो स्वरूप है, उसीमें आपकी स्थिति है । अब और [illegible] पूछना चाहते हैं ? ॥ ५१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकोत्पत्तौ षड्विंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२६ ॥

[illegible] प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकोत्पत्तिविषयक तीन सौ छब्बीसवाँ अध्याय पूरा [illegible] ॥ ३२६ ॥

सप्तविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

शुकदेवजीका पिताके पास लौट आना तथा व्यासजीका अपने शिष्योंको स्वाध्यायकी विधि बताना

भीष्म उवाच

एतच्छ्रुत्वा तु वचनं कृतात्मा कृतनिश्चयः।
आत्मनाऽऽत्मानमास्थाय दृष्ट्वा चात्मानमात्मना॥ १ ॥
कृतकार्यः सुखी शान्तस्तूष्णीं प्रायादुदङ्मुखः।
शैशिरं गिरिमुद्दिश्य सधर्मा मातरिश्वनः॥ २ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! राजा जनककी यह बात सुनकर विशुद्ध अन्तःकरणवाले शुकदेवजी एक दृढ़ निश्चयपर पहुँच गये और बुद्धिके द्वारा आत्मामें स्थित होकर स्वयं अपने आत्मस्वरूपका साक्षात्कार करके कृतार्थ हो गये। एवं आनन्दमग्न हो, बड़ी शान्तिका अनुभव करते हुए हिमालयपर्वतको लक्ष्य करके वायुके समान वेगसे चुपचाप उत्तर दिशाकी ओर चल दिये॥ १-२॥

एतस्मिन्नेव काले तु देवर्षिर्नारदस्तथा।
हिमवन्तमियाद् द्रष्टुं सिद्धचारणसेवितम्॥ ३ ॥

इसी समय देवर्षि नारद सिद्धों और चारणोंसे सेवित हिमालय पर्वतपर उसका दर्शन करनेके लिये आये॥ ३॥

तमप्सरोगणाकीर्णं शान्तस्वननिनादितम्।
किन्नराणां सहस्रैश्च भृङ्गराजैस्तथैव च॥ ४ ॥
मद्गुभिः खञ्जरीटैश्च विचित्रैर्जीवजीवकैः॥ ५ ॥
चित्रवर्णैर्मयूरैश्च केकाशतविराजितैः।
राजहंससमूहैश्च कृष्णैः परभृतैस्तथा॥ ६ ॥

[illegible] पर्वतपर [illegible] और अप्सराएँ विचर रही थीं। चारों ओर विविध प्राणियोंकी शान्तिमयी ध्वनिसे वहाँका सारा प्रान्त [illegible] हो रहा था। सहस्रों किन्नर, भ्रमर, मद्गु, विचित्र खञ्जरीट, चकोर, सैकड़ों मधुर वाणीसे सुशोभित विचित्र वर्णवाले मयूर, राजहंसोंके समुदाय [illegible] काले कोकिल वहाँ अपनी शान्त मधुर ध्वनि फैला रहे थे॥ ४-६॥

पक्षिराजो गरुत्मांश्च यं नित्यमधितिष्ठति।
चत्वारो लोकपालाश्च देवाः सर्षिगणास्तथा॥ [illegible] ॥
तत्र नित्यं समायान्ति लोकस्य हितकाम्यया।

पक्षिराज गरुड उस पर्वतपर नित्य विराजमान होते हैं। चारों लोकपाल, देवता तथा ऋषिगण सम्पूर्ण जगत्के हितकी कामनासे वहाँ सदा आते रहते हैं॥ ७½॥

विष्णुना यत्र पुत्रार्थे तपस्तप्तं महात्मना॥ ८ ॥
तत्रैव च कुमारेण बाल्ये क्षिप्ता दिवौकसः।
शक्तिर्न्यस्ता क्षितितले त्रैलोक्यमवमन्य वै॥ ९ ॥

वहीं महात्मा श्रीविष्णु (श्रीकृष्ण) ने पुत्रके लिये तप किया था। वहीं कुमार कार्तिकेयने बाल्यावस्थामें देवताओंपर आक्षेप किया था और त्रिलोकीका अपमान करके पृथ्वीमें अपनी शक्ति गाड़ दी थी॥ ८-९॥

तत्रोवाच जगत् स्कन्दः क्षिपन् वाक्यमिदं तदा।
योऽन्योऽस्ति मत्तोऽभ्यधिको विप्रा यस्याधिकं प्रियाः॥
यो ब्रह्मण्यो द्वितीयोऽस्ति त्रिषु लोकेषु वीर्यवान्।
सोऽभ्युद्धरत्विमां शक्तिमथवा कम्पयत्विति॥ ११॥

[illegible] वहाँ स्कन्दने सम्पूर्ण जगत्पर आक्षेप करते हुए यह बात कही थी—'जो कोई भी दूसरा पुरुष मुझसे अधिक बलवान् हो, जिसे ब्राह्मण अधिक प्रिय हों, जो दूसरा व्यक्ति मुझसे भी अधिक ब्राह्मणभक्त तथा तीनों लोकोंमें पराक्रमशाली हो, वह इस शक्तिको उखाड़ दे अथवा हिला दे'॥ १०-११॥

तच्छ्रुत्वा व्यथिता लोकाः क इमामुद्धरेदिति।
[illegible] देवगणं सर्वं सम्भ्रान्तेन्द्रियमानसम्॥ १२॥
अपश्यद् भगवान् विष्णुः क्षिप्तं सासुरराक्षसम्।
किं त्वत्र सुकृतं कार्यं भवेदिति विचिन्तयन्॥ १३॥

उनकी यह तिरस्कारपूर्ण घोषणा सुनकर सब लोग व्यथित हो उठे और मन-ही-मन सोचने लगे, 'भला, कौन वीर इस शक्तिको उखाड़ सकता है?' उस समय भगवान् विष्णुने देखा [illegible] सम्पूर्ण देवताओंकी इन्द्रियाँ और चित्त भयसे व्याकुल हैं तथा असुर और राक्षसोंसहित सम्पूर्ण जगत्पर स्कन्दद्वारा आक्षेप किया गया है। यह देखकर वे सोचने लगे कि यहाँ क्या करना अच्छा होगा?॥ १२-१३॥

अनामृष्य [illegible] क्षेपमवैक्षत च पावकिम्।
सम्प्रगृह्य विशुद्धात्मा शक्तिं प्रज्वलितां तदा॥ १४॥
कम्पयामास सव्येन पाणिना पुरुषोत्तमः।

तब उस आक्षेपको सहन न करके विशुद्धात्मा भगवान् विष्णुने अग्निकुमार स्कन्दकी ओर देखा। फिर [illegible] पुरुषोत्तमने उस [illegible] प्रज्वलित शक्तिको बायें हाथसे पकड़कर हिला दिया॥ १४½॥

शक्त्यां तु कम्प्यमानायां विष्णुना बलिना तदा॥ १५॥
मेदिनी कम्पिता सर्वा सशैलवनकानना।

बलवान् भगवान् विष्णुके द्वारा उस शक्तिके कम्पित किये जानेपर पर्वत, वन और काननोंसहित सारी पृथ्वी काँप उठी॥ १५½॥

शक्तेनापि समुद्धर्तुं कम्पि[illegible] साभवत् तदा॥ १६॥
रक्षिता स्कन्दराजस्य धर्षणा प्रभविष्णुना।

यद्यपि प्रभावशाली भगवान् विष्णु उसे उखाड़ फेंकनेमें समर्थ थे तो भी उन्होंने कुमार स्कन्दका तिरस्कार नहीं होने दिया। उन्हें अपमानसे बचा लिया॥ १६½॥

तां कम्पयित्वा भगवान् प्रह्लादमिदमब्रवीत्॥ १७॥
पश्य वीर्यं कुमारस्य नैतदन्यः करिष्यति।

उस शक्तिको हिलाकर भगवान्‌ने प्रह्लादसे कहा—'देखो, कुमारमें कितना बल है ! यह कार्य दूसरा कोई नहीं [illegible] सकेगा' ॥ १७½ ॥

सोऽमृष्यमाणस्तद्वाक्यं समुद्धरणनिश्चितः ॥ १८ ॥
[illegible] तां [illegible] शक्तिं [illegible] चैनां [illegible] व्यकम्पयत् ।

भगवान्‌के इस कथनको सहन न कर सकनेके कारण प्रह्लादने स्वयं ही [illegible] शक्तिको उखाड़ फेंकनेका दृढ़ निश्चय [illegible] लिया और [illegible] शक्तिको पकड़कर खींचा; परंतु वे उसे हिला भी न सके ॥ १८½ ॥

नादं महान्तं मुक्त्वा [illegible] मूर्च्छितो गिरिमूर्धनि ॥ १९ ॥
विह्वलः प्रापतद् भूमौ हिरण्यकशिपोः सुतः ।

हिरण्यकशिपुकुमार प्रह्लाद बड़े जोरसे चिग्घाड़कर मूर्च्छित एवं व्याकुल हो उस पर्वतशिखरकी भूमिपर गिर पड़े ॥ १९½ ॥

ततोत्तरां दिशं [illegible] शैलराजस्य पार्श्वतः ॥ २० ॥
तपोऽतप्यत दुर्धर्षं [illegible] नित्यं वृषध्वजः ।

तात ! उसी गिरिराज हिमालयके पार्श्वभागमें उत्तर दिशाकी ओर जाकर भगवान् वृषध्वज शिवने नित्य-निरन्तर दुर्धर्ष [illegible] की है ॥ २०½ ॥

पावकेन परिक्षिप्तं दीप्यता यस्य चाश्रमम् ॥ २१ ॥
आदित्यपर्वतं नाम दुर्धर्षमकृतात्मभिः ।
न [illegible] शक्यते गन्तुं यक्षराक्षसदानवैः ॥ २२ ॥

भगवान् शङ्करके [illegible] आश्रमको प्रज्वलित अग्निने चारों ओरसे घेर रक्खा है। उस पर्वतशिखरका नाम आदित्यगिरि है, जिसपर अजितात्मा पुरुष नहीं चढ़ सकते। यक्ष, [illegible] और दानवोंके लिये वहाँ पहुँचना सर्वथा असम्भव है ॥

दशयोजनविस्तारमग्निज्वालासमावृतम् ।
भगवान् [illegible] स्वयं तिष्ठति वीर्यवान् ॥ २३ ॥

वह दस योजन विस्तृत शिखर आगकी लपटोंसे घिरा हुआ है। शक्तिशाली भगवान् अग्निदेव वहाँ स्वयं विराजमान हैं ॥ २३ ॥

सर्वान् विघ्नान् प्रशमयन् महादेवस्य धीमतः ।
दिव्यं वर्षसहस्रं हि पादेनैकेन तिष्ठतः ॥ २४ ॥
देवान् संतापयंस्तत्र महादेवो महाव्रतः ।

परम बुद्धिमान् महादेवजी सहस्र दिव्य वर्षोंतक वहाँ एक पैरसे खड़े रहे और उनकी तपस्याके सम्पूर्ण विघ्नोंका निवारण करते हुए अग्निदेव वहीं विराजमान थे। महान् व्रतधारी महादेवजी वहाँ देवताओंको संतप्त करते हुए महान् तपमें प्रवृत्त थे ॥ २४½ ॥

ऐन्द्रीं तु दिशमास्थाय शैलराजस्य धीमतः ॥ २५ ॥
विविक्ते पर्वततटे पाराशर्यो महातपाः ।
वेदानध्यापयामास व्यासः शिष्यान् महामतिः ॥ २६ ॥
सुमन्तुं च महाभागं वैशम्पायनमेव च ।
जैमिनिं च महाप्राज्ञं पैलं चापि तपस्विनम् ॥ २७ ॥

उसी बुद्धिमान् गिरिराज हिमवान्‌की पूर्व दिशाका [illegible] लेकर पर्वतके एकान्त तटप्रान्तमें महातपस्वी महाबुद्धिमान् पराशरनन्दन [illegible] अपने शिष्य महाभाग सुमन्तु, महाबुद्धिमान् जैमिनि, तपस्वी पैल [illegible] वैशम्पायन—इन चार शिष्योंको वेद [illegible] रहे थे ॥ २५—२७ ॥

[illegible] शिष्यैः परिवृतो [illegible] आस्ते महातपाः ।
तत्राश्रमपदं रम्यं ददर्श पितुरुत्तमम् ॥ २८ ॥

जहाँ महातपस्वी व्यास अपने शिष्योंसे घिरे हुए बैठे थे, वहाँ शुकदेवजीने अपने पिताके उस रमणीय एवं उत्तम आश्रमको देखा ॥ २८ ॥

आरणेयो विशुद्धात्मा नभसीव दिवाकरः ।
अथ व्यासः परिक्षिप्तं ज्वलन्तमिव पावकम् ॥ २९ ॥
ददर्श सुतमायान्तं दिवाकरसमप्रभम् ।

[illegible] समय विशुद्ध अन्तःकरणवाले अरणीनन्दन शुकदेव आकाशमें स्थित सूर्यके समान प्रकाशित हो रहे थे, इतनेहीमें व्यासजीने भी प्रज्वलित अग्नि तथा सूर्यके समान तेजस्वी पुत्रको सब ओर अपनी प्रभा बिखेरते हुए आते देखा ॥

असज्जमानं वृक्षेषु शैलेषु विषयेषु च ।
योगयुक्तं महात्मानं [illegible] बाणं गुणच्युतम् ॥ ३० ॥

योगयुक्त महात्मा शुकदेव धनुषकी डोरीसे छूटे हुए बाणके समान तीव्र गतिसे [illegible] रहे थे। वे वृक्षों और पर्वतोंमें कहीं भी अटक नहीं पाते थे ॥ ३० ॥

सोऽभिगम्य पितुः पादावगृह्णादरणीसुतः ।
यथोपजोषं तैश्चापि समागच्छन्महामुनिः ॥ ३१ ॥

निकट आकर अरणीपुत्र महामुनि शुकदेवने पिताके दोनों पैर पकड़ लिये और शान्तभावसे उनके अन्य सब शिष्योंके साथ भी मिले ॥ ३१ ॥

ततो निवेदयामास पित्रे सर्वमशेषतः ।
शुको जनकराजेन संवादं प्रीतमानसः ॥ ३२ ॥

तदनन्तर प्रसन्नचित्त हुए शुकने [illegible] जनकके साथ जो वार्तालाप हुआ था, वह सारा-का-सारा वृत्तान्त अपने पितासे कह सुनाया ॥ ३२ ॥

एवमध्यापयञ्शिष्यान् व्यासः पुत्रं च [illegible]
[illegible] हिमवत्पृष्ठे पाराशर्यो महामुनिः ॥ ३३ ॥

इस प्रकार शक्तिशाली महामुनि पराशरनन्दन व्यास अपने शिष्यों और पुत्रको पढ़ाते हुए हिमालयके शिखरपर ही रहने लगे ॥ ३३ ॥

ततः कदाचिच्छिष्यास्तं परिवार्योपतस्थिरे ।
वेदाध्ययनसम्पन्नाः शान्तात्मानो जितेन्द्रियाः ॥ ३४ ॥
वेदेषु निष्ठां सम्प्राप्य साङ्गेष्वपि तपस्विनः ।
अथोचुस्ते तदा व्यासं शिष्याः प्राञ्जलयो [illegible]म् ॥ ३५ ॥

तदनन्तर किसी समय वेदाध्ययनसे सम्पन्न, शान्तचित्त,

जितेन्द्रिय, साङ्गवेदमें पारङ्गत और तपस्वी शिष्यगण गुरुवर व्यासजीको चारों ओरसे घेरकर बैठ गये और उनसे जोड़कर इस प्रकार बोले ॥ ३४-३५ ॥

शिष्या ऊचुः

महता तेजसा युक्ता चापि वर्धिताः ।
एकं त्विदानीमिच्छामो गुरुणानुग्रहं कृतम् ॥ ३६ ॥

शिष्योंने कहा—गुरुदेव ! हम आपकी कृपासे महान् तेजस्वी हो गये हैं। हमारा भी चारों ओर बढ़ है। इस समय हम यह चाहते हैं कि आप एक और हमलोगोंपर अनुग्रह करें ॥ ३६ ॥

इति तेषां वचः श्रुत्वा ब्रह्मर्षिस्तानुवाच ह ।
उच्यतामिति तद् वत्सा यद् वः कार्यं प्रियं मया ॥ ३७ ॥

शिष्योंकी यह सुनकर ब्रह्मर्षि व्यासने उनसे कहा—'बच्चो ! कहो, क्या चाहते हो ? मुझे तुम्हारा कौन-प्रिय कार्य करना है ?' ॥ ३७ ॥

एतद् वाक्यं गुरोः श्रुत्वा शिष्यास्ते हृष्टमानसाः ।
पुनः प्राञ्जलयो भूत्वा प्रणम्य शिरसा गुरुम् ॥ ३८ ॥
ऊचुस्ते सहिता राजन्निदं वचनमुत्तमम् ।
यदि प्रीत उपाध्यायो धन्याः स्मो मुनिसत्तम ॥ ३९ ॥

गुरुदेवका यह वचन सुनकर उन शिष्योंका हृदय हर्षसे खिल उठा। राजन् ! वे पुनः हाथ जोड़ मस्तक गुरुजीको प्रणाम करके एक साथ यह उत्तम वचन बोले—'मुनिश्रेष्ठ ! आप हमारे उपाध्याय हैं। यदि प्रसन्न हैं तो हम धन्य हो गये ॥ ३८-३९ ॥

काङ्क्षामस्तु वयं सर्वे वरं दातुं महर्षिणा ।
षष्ठः शिष्यो ते ख्यातिं गच्छेदत्र प्रसीद नः ॥ ४० ॥

'हम सब लोग यह चाहते हैं कि महर्षि एक वरदान दें, वह यह कि आपका कोई छठा शिष्य प्रसिद्ध न हो। यहाँ हमलोगोंपर इतनी ही कृपा कीजिये ॥ ४० ॥

चत्वारस्ते वयं शिष्या गुरुपुत्रश्च पञ्चमः ।
वेदाः प्रतिष्ठेरन्नेष काङ्क्षितो वरः ॥ ४१ ॥

'हम चार आपके शिष्य हैं और पञ्चम शिष्य गुरुपुत्र शुकदेव हैं। इन पाँचोंमें ही आपके पढ़ाये हुए सम्पूर्ण वेद प्रतिष्ठित हों; यही हमारे लिये मनोवाञ्छित है' ॥ ४१ ॥

शिष्याणां वचनं श्रुत्वा व्यासो वेदार्थतत्त्ववित् ।
पराशरात्मजो धीमान् परलोकार्थचिन्तकः ॥ ४२ ॥
उवाच शिष्यान् धर्मात्मा धर्म्यं नैःश्रेयसं वचः ।

शिष्योंकी यह सुनकर वेदार्थके तत्त्वज्ञ, पारलौकिक अर्थका चिन्तन करनेवाले, धर्मात्मा, पराशरनन्दन बुद्धिमान् व्यासजीने अपने शिष्योंसे यह धर्मानुकूल कारी वचन कहा—॥ ४२½ ॥

ब्राह्मणाय सदा देयं ब्रह्म शुश्रूषवे तथा ॥ ४३ ॥
ब्रह्मलोके निवासं यो ध्रुवं समभिकाङ्क्षते ।

'शिष्यगण ! जो ब्रह्मलोकमें निवास चाहता हो, उसका कर्तव्य है कि वह पढ़नेकी इच्छासे आये हुए को सदा ही वेद पढ़ावे ॥ ४३½ ॥

भवन्तो बहुलाः सन्तु वेदो विस्तार्यतामयम् ॥
नाशिष्ये सम्प्रदातव्यो नाव्रते नाकृतात्मनि ।

'तुमलोग बहुसंख्यक हो जाओ और इस वेदका विस्तार करो। जिसका मन वशमें न हो, जो ब्रह्मचर्य-व्रतका न करता हो जो शिष्यभावसे पढ़ने न आया हो, उसे वेदाध्ययन नहीं कराना चाहिये ॥ ४४½ ॥

एते शिष्यगुणाः सर्वे विज्ञातव्या यथार्थतः ॥ ४५ ॥
नापरीक्षितचारित्रे विद्या देया कथंचन ।

'ये सभी शिष्यके गुण हैं। किसीको शिष्य बनानेसे पहले उसके इन गुणोंको यथार्थरूपसे लेना चाहिये। जिसके सदाचारकी परीक्षा न ली गयी हो, उसे किसी प्रकार विद्यादान नहीं देना चाहिये ॥ ४५½ ॥

कनकं शुद्धं तापच्छेदनिकर्षणैः ॥ ४६ ॥
परीक्षेत शिष्यानीक्षेत् कुलगुणादिभिः ।

'जैसे आगमें तपाने, काटने और कसौटीपर कसनेसे सोनेकी की जाती है, उसी प्रकार कुल और गुण आदिके शिष्योंकी परीक्षा करनी चाहिये ॥ ४६½ ॥

न नियोज्याश्च शिष्या अनियोगे महाभये ॥
यथामति यथापाठं तथा विद्या फलिष्यति ।
सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणि पश्यतु ॥ ४८ ॥

'तुमलोग अपने शिष्योंको किसी अनुचित या महान् भयदायक कार्यमें न लगाना। तुम्हारे पढ़ानेपर भी जिसकी जैसी बुद्धि होगी और जो पढ़नेमें जैसा परिश्रम करेगा, उसीके अनुसार उसकी विद्या सफल होगी। लोग दुर्गम संकटसे पार और सभी अपना कल्याण देखें ॥ ४७-४८ ॥

श्रावयेच्चतुरो वर्णान् कृत्वा ब्राह्मणमग्रतः ।
वेदस्याध्ययनं हीदं कार्यं महत् स्मृतम् ॥ ४९ ॥

'ब्राह्मणको आगे रखकर चारों वर्णोंको उपदेश देना चाहिये। यह वेदाध्ययन महान् कार्य माना गया है। इसे अवश्य करना चाहिये ॥ ४९ ॥

स्तुत्यर्थमिह देवानां वेदाः सृष्टाः स्वयम्भुवा ।
यो निर्वदेत सम्मोहाद् ब्राह्मणं वेदपारगम् ॥ ५० ॥
सोऽभिध्यानाद् पराभूयादसंशयम् ।

'स्वयम्भू ब्रह्माने यहाँ देवताओंकी स्तुतिके लिये वेदोंकी सृष्टि की है। जो मोहवश वेदके पारङ्गत ब्राह्मणकी निन्दा है, उसके अनिष्ट-चिन्तनके कारण निस्संदेह पराभवको प्राप्त होता है ॥ ५०½ ॥

यश्चाधर्मेण विब्रूयाद् यश्चाधर्मेण पृच्छति ॥ ५१ ॥
तयोरन्यतरः प्रैति विद्वेषं चाधिगच्छति ।

'जो धार्मिक विधिका उल्लङ्घन करके प्रश्न करता है

और जो अधर्मपूर्वक [illegible] [illegible] देता है, [illegible] दोनोंमेंसे एककी मृत्यु हो जाती है [illegible] एक दूसरेके द्वेषका पात्र [illegible] जाता [illegible] ॥ ५१½ ॥

एतद् वः सर्वमाख्यातं स्वाध्यायस्य विधिं प्रति।
उपकुर्याच्च शिष्याणामेतच्च हृदि वो भवेत् ॥ ५२ ॥

'यह सब मैंने तुमलोगोंसे स्वाध्यायकी विधि बतायी है। यह तुम्हारे हृदयमें सदा स्मरण रहे; क्योंकि यह शिष्योंका [illegible] [illegible] सकती है' ॥ ५२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि सप्तविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३२७ ॥

इस [illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें तीन सौ सत्ताईसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३२७ ॥

अष्टाविंशत्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

शिष्योंके जानेके बाद व्यासजीके पास नारदजीका आगमन और व्यासजीको वेदपाठके लिये प्रेरित करना तथा व्यासजीका शुकदेवको अनध्यायका कारण बताते हुए 'प्रवह' आदि सात वायुओंका परिचय देना

भीष्म उवाच

एतच्छ्रुत्वा गुरोर्वाक्यं व्यासशिष्या महौजसः।
अन्योन्यं हृष्टमनसः परिषस्वजिरे तदा ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! अपने गुरु व्यासके इस उपदेशको सुनकर उनके महातेजस्वी शिष्य मन-ही-मन बहुत प्रसन्न हुए और आपसमें एक-दूसरेको हृदयसे लगाने लगे ॥ १ ॥

उक्ताः स्मो यद् भगवता तदात्वायतिसंहितम्।
तन्नो मनसि [illegible] करिष्यामस्तथा च तत् ॥ २ ॥

फिर व्यासजीसे बोले—'भगवन्! आपने भविष्यमें हमारे हितका विचार करके जो बातें बतायी हैं, वे हमारे मनमें बैठ गयी हैं। हम अवश्य उनका पालन करेंगे' ॥ २ ॥

अन्योन्यं संविभाष्यैवं सुप्रीतमनसः पुनः।
विज्ञापयन्ति स्म गुरुं पुनर्वाक्यविशारदाः ॥ ३ ॥

इस प्रकार परस्पर वार्तालाप करके गुरु और शिष्य सभी मन-ही-मन बड़े प्रसन्न हुए। तदनन्तर प्रवचनकुशल शिष्योंने गुरुसे इस प्रकार निवेदन किया—॥ [illegible] ॥

शैलादस्मान्महीं गन्तुं काङ्क्षितं नो महामुने।
वेदाननेकधा कर्तुं यदि ते रुचितं प्रभो ॥ ४ ॥

'महामुने! अब हम इस पर्वतसे पृथ्वीपर जाना चाहते हैं। वेदोंके अनेक विभाग करके उनका प्रचार करना ही हमारी इस यात्राका उद्देश्य है। प्रभो! यदि आपको यह रुचिकर जान पड़े तो हमें जानेकी [illegible] दें' ॥ ४ ॥

शिष्याणां वचनं श्रुत्वा पराशरसुतः प्रभुः।
प्रत्युवाच ततो वाक्यं धर्मार्थसहितं हितम् ॥ ५ ॥

शिष्योंकी यह बात सुनकर पराशरनन्दन भगवान् व्यास यह धर्म और अर्थयुक्त हितकर वचन बोले—॥ ५ ॥

क्षितिं वा देवलोकं वा गम्यतां यदि रोचते।
अप्रमादश्च वः कार्यो ब्रह्म हि प्रचुरच्छलम् ॥ ६ ॥

'शिष्यो! यदि तुम्हें यही अच्छा लगता है तो [illegible] पृथ्वीपर या देवलोकमें जहाँ चाहो जा सकते हो; परंतु प्रमाद न करना; क्योंकि वेदमें बहुत सी प्ररोचनात्मक श्रुतियाँ हैं, जो व्याजसे (फलोंका लोभ दिखाकर) धर्मका प्रतिपादन करती हैं' ॥ ६ ॥

तेऽनुज्ञातास्ततः सर्वे गुरुणा सत्यवादिना।
जग्मुः प्रदक्षिणं कृत्वा व्यासं मूर्ध्नाभिवाद्य च ॥ [illegible] ॥

सत्यवादी गुरुकी यह आज्ञा पाकर सभी शिष्योंने उनके चरणोंपर सिर रखकर प्रणाम किया। तत्पश्चात् वे व्यासजीकी प्रदक्षिणा करके वहाँसे चले गये ॥ [illegible] ॥

अवतीर्य महीं तेऽथ चातुर्होत्रमकल्पयन्।
संयाजयन्तो विप्रांश्च राजन्यांश्च विशस्तथा ॥ [illegible] ॥
पूज्यमाना द्विजैर्नित्यं मोदमाना गृहे रताः।
याजनाध्यापनरताः श्रीमन्तो लोकविश्रुताः ॥ ९ ॥

तस्मादनुज्ञां सम्प्राप्य जगाम पितरं प्रति ॥ ६१ ॥

ऐसा निश्चय करके शुकदेवजीने विश्वविख्यात देवर्षि नारदजीसे आज्ञा माँगी। उनसे आज्ञा लेकर वे अपने पिता व्यासजीके पास गये ॥ ६१ ॥

सोऽभिवाद्य महात्मानं कृष्णद्वैपायनं मुनिम्।
शुकः प्रदक्षिणं कृत्वा कृष्णमापृष्टवान् मुनिम् ॥ ६२ ॥

वहाँ अपने पिता महात्मा श्रीकृष्णद्वैपायन मुनिको प्रणाम करके शुकदेवजीने उनकी प्रदक्षिणा की और उनसे जानेके लिये आज्ञा माँगी ॥ ६२ ॥

श्रुत्वा चर्षिस्तद् वचनं शुकस्य
प्रीतो महात्मा पुनराह चैनम्।
भो भो पुत्र स्थीयतां तावदद्य
यावच्चक्षुः प्रीणयामि त्वदर्थे ॥ ६३ ॥

शुकदेवकी यह बात सुनकर अत्यन्त प्रसन्न हुए महात्मा व्यासने उनसे कहा—'बेटा ! बेटा ! आज यहीं रहो, जिससे तुम्हें जी-भर निहारकर अपने नेत्रोंको तृप्त कर लूँ' ॥ ६३ ॥

निरपेक्षः शुको भूत्वा निःस्नेहो मुक्तसंशयः।
मोक्षमेवानुसंचिन्त्य [illegible] मनो दधे ॥ ६४ ॥

परंतु शुकदेवजी स्नेहका बन्धन तोड़कर निरपेक्ष हो गये थे। तत्त्वके विषयमें उन्हें कोई संशय नहीं रह गया था; [illegible] बारंबार मोक्षका ही चिन्तन करते हुए उन्होंने वहाँसे जानेका ही विचार किया ॥ ६४ ॥

पितरं सम्परित्यज्य जगाम मुनिसत्तमः।
कैलासपृष्ठं विपुलं सिद्धसंघनिषेवितम् ॥ ६५ ॥

पिताको वहीं छोड़कर मुनिश्रेष्ठ शुकदेव सिद्ध समुदायसे सेवित विशाल कैलासशिखरपर चले गये ॥ ६५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकाभिगमने एकत्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवका प्रस्थानविषयक तीन सौ इकतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३१ ॥

द्वात्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

शुकदेवजीकी ऊर्ध्वगतिका वर्णन

भीष्म उवाच

गिरिशृङ्गं [illegible] सुतो व्यासस्य भारत।
समे देशे विविक्ते स निःशलाक उपाविशत् ॥ १ ॥
धारयामास चात्मानं यथाशास्त्रं यथाविधि।
पादप्रभृतिगात्रेषु क्रमेण क्रमयोगवित् ॥ २ ॥

भीष्मजी कहते हैं—भरतनन्दन ! कैलासशिखरपर [illegible] हो व्यासपुत्र शुकदेव एकान्तमें तृणरहित समतल भूमिपर बैठ गये और शास्त्रोक्त विधिसे पैरसे लेकर सिरतक सम्पूर्ण अङ्गोंमें क्रमशः आत्माकी धारणा करने लगे। वे क्रमयोगके पूर्ण ज्ञाता थे ॥ १-२ ॥

[illegible] स प्राङ्मुखो विद्वानादित्ये नचिरोदिते।
पाणिपादं समादाय विनीतवदुपाविशत् ॥ ३ ॥
न तत्र पक्षिसंघातो न शब्दो नातिदर्शनम्।
यत्र वैयासकिर्धीमान् योक्तुं समुपचक्रमे ॥ ४ ॥

थोड़ी ही देरमें [illegible] सूर्योदय हुआ, तब ज्ञानी शुकदेव हाथ-पैर समेटकर विनीतभावसे पूर्व दिशाकी ओर मुँह करके बैठे और योगमें प्रवृत्त हो गये। उस समय बुद्धिमान् व्यासनन्दन जहाँ योगयुक्त हो रहे थे, वहाँ न तो पक्षियोंका समुदाय था, न कोई शब्द सुनायी पड़ता था और न दृष्टिको आकृष्ट करनेवाला कोई दृश्य [illegible] उपस्थित था ॥ ३-४ ॥

[illegible] ददर्श तदाऽऽत्मानं सर्वसंगविनिःसृतम्।
प्रजहास ततो हासं शुकः सम्प्रेक्ष्य तत्परम् ॥ ५ ॥

उस समय उन्होंने सब प्रकारके सङ्गोंसे रहित आत्माका [illegible] [illegible]। [illegible] परमतत्त्वका साक्षात्कार करके शुकदेवजी जोर-जोरसे हँसने लगे ॥ ५ ॥

[illegible] पुनर्योगमास्थाय मोक्षमार्गोपलब्धये।
महायोगेश्वरो भूत्वा सोऽत्यक्रामद् विहायसम् ॥ ६ ॥

फिर मोक्षमार्गकी उपलब्धिके लिये योगका आश्रय ले महान् योगेश्वर होकर वे आकाशमें उड़नेके लिये तैयार हो गये ॥ ६ ॥

ततः प्रदक्षिणं कृत्वा देवर्षिं नारदं ततः।
निवेदयामास च तं स्वं योगं परमर्षये ॥ ७ ॥

तदनन्तर देवर्षि नारदके पास जा उनकी प्रदक्षिणा की और उन परम ऋषिसे अपने योगके सम्बन्धमें इस प्रकार निवेदन किया ॥ ७ ॥

शुक उवाच

दृष्टो मार्गः प्रवृत्तोऽस्मि स्वस्ति तेऽस्तु तपोधन।
त्वत्प्रसादाद् गमिष्यामि गतिमिष्टां महाद्युते ॥ ८ ॥

शुकदेव बोले—महातेजस्वी तपोधन ! आपका कल्याण हो। अब मुझे मोक्षमार्गका दर्शन हो गया। मैं वहाँ जानेको तैयार हूँ। आपकी कृपासे मैं अभीष्ट गति प्राप्त करूँगा ॥ ८ ॥

नारदेनाभ्यनुज्ञातः शुको द्वैपायनात्मजः।
अभिवाद्य पुनर्योगमास्थायाकाशमाविशत् ॥ ९ ॥
कैलासपृष्ठादुत्पत्य स [illegible] दिवं तदा।
अन्तरिक्षचरः श्रीमान् वायुभूतः सुनिश्चितः ॥ १० ॥

नारदजीकी आज्ञा पाकर व्यासकुमार शुकदेवजी उन्हें प्रणाम करके पुनः योगमें स्थित हो आकाशमें प्रविष्ट हुए। कैलासशिखरसे उछलकर वे तत्काल आकाशमें जा पहुँचे और सुनिश्चित ज्ञान पाकर वायुका रूप धारण करके श्रीमान् शुकदेव अन्तरिक्षमें विचरने लगे ॥ ९-१० ॥

तमुद्यन्तं द्विजश्रेष्ठं वैनतेयसमद्युतिम्।
ददृशुः सर्वभूतानि मनोमारुतरंहसम् ॥ ११ ॥

उस समय सम[illegible] प्राणियोंने ऊपर जाते हुए द्विजश्रेष्ठ शुकदेवको विनतानन्दन गरुडके समान कान्तिमान् तथा मन और वायुके समान वेगशाली देखा ॥ ११ ॥

व्यवसायेन लोकांस्त्रीन् सर्वान् सोऽथ विचिन्तयन्।

आस्थितो दीर्घमध्वानं पावकार्कसमप्रभः ॥ १२ ॥

वे निश्चयात्मक बुद्धिके द्वारा सम्पूर्ण त्रिलोकीको आत्म-भावसे देखते हुए बहुत दूरतक आगे बढ़ गये । उस समय उनका तेज सूर्य और अग्निके समान प्रकाशित हो रहा था ॥

तमेकमनसं यान्तमव्यग्रमकुतोभयम् ।
ददृशुः सर्वभूतानि जङ्गमानि चराणि च ॥ १३ ॥
यथाशक्ति यथान्यायं पूजां वै चक्रिरे तदा ।
पुष्पवर्षैश्च दिव्यैस्तमवचक्रुर्दिवौकसः ॥ १४ ॥

उन्हें निर्भय होकर शान्त और एकाग्रचित्तसे ऊपर जाते समय समस्त चराचर प्राणियोंने देखा और अपनी शक्ति [illegible] रीतिके अनुसार उनका यथोचित पूजन किया । देवताओंने उनपर दिव्य फूलोंकी वर्षा की ॥ १३-१४ ॥

तं दृष्ट्वा विस्मिताः सर्वे गन्धर्वाप्सरसां गणाः ।
ऋषयश्चैव संसिद्धाः परं विस्मयमागताः ॥ १५ ॥

उन्हें इस प्रकार जाते देख समस्त गन्धर्व, अप्सराओंके समुदाय तथा सिद्ध ऋषि-मुनि महान् आश्चर्यमें पड़ गये ॥

अन्तरिक्षगतः कोऽयं तपसा सिद्धिमागतः ।
अधःकायोर्ध्ववक्त्रश्च नेत्रैः समभिरज्यते ॥ १६ ॥

और आपसमें कहने लगे—'तपस्यासे सिद्धिको प्राप्त हुआ [illegible] कौन महात्मा आकाशमार्गसे जा रहा है, जिसका मुख-[illegible] ऊपरकी ओर और शरीरका निचला भाग नीचेकी ओर ही है ? हमारी आँखें बरबस इसकी ओर खिंच जाती हैं' ॥ १६ ॥

[illegible] परमधर्मात्मा त्रिषु लोकेषु विश्रुतः ।
भास्करं समुदीक्षन् स प्राङ्मुखो वाग्यतोऽगमत् ॥ १७ ॥

तीनों लोकोंमें प्रसिद्ध परम धर्मात्मा शुकदेवजी पूर्व-दिशाकी ओर मुँह करके सूर्यको देखते हुए मौनभावसे आगे बढ़ रहे थे ॥ १७ ॥

शब्देनाकाशमखिलं पूरयन्निव सर्वशः ।
तमापतन्तं सहसा दृष्ट्वा सर्वाप्सरोगणाः ॥ १८ ॥
सम्भ्रान्तमनसो राजन्नासन् परमविस्मिताः ।

वे अपने शब्दसे सम्पूर्ण आकाशको पूर्ण-सा कर रहे थे । राजन् ! उन्हें सहसा आते देख सम्पूर्ण अप्सराएँ मन-ही-मन घबरा उठीं और अत्यन्त आश्चर्यमें पड़ गयीं ॥ १८½ ॥

पञ्चचूडाप्रभृतयो भृशमुत्फुल्ललोचनाः ॥ १९ ॥
दैवतं कतमं ह्येतदुत्तमां गतिमास्थितम् ।
सुनिश्चितमिहायाति विमुक्तमिव निःस्पृहम् ॥ २० ॥

पञ्चचूड़ा आदि अप्सराओंके नेत्र विस्मयसे अत्यन्त खिल उठे थे । वे परस्पर कहने लगीं कि उत्तम गतिका आश्रय लेकर यह कौन-सा देवता यहाँ आ [illegible] है ? इसका निश्चय अत्यन्त दृढ़ है । यह सब प्रकारके बन्धनों तथा संशयोंसे मुक्त-सा हो गया है और इसके भीतर किसी वस्तुकी कामना नहीं रह गयी है ॥ १९-२० ॥

ततः समभिचक्राम मलयं नाम पर्वतम् ।
उर्वशी पूर्वचित्तिश्च यं नित्यमुपसेवतः ॥ २१ ॥

कुछ ही देरमें वे मलय नामक पर्वतपर जा पहुँचे, जहाँ उर्वशी और पूर्वचित्ति—ये दो अप्सराएँ सदा निवास करती हैं ॥ २१ ॥

तस्य ब्रह्मर्षिपुत्रस्य विस्मयं ययतुः परम् ।
अहो बुद्धिसमाधानं वेदाभ्यासरते द्विजे ॥ २२ ॥
अचिरेणैव कालेन नभश्चरति चन्द्रवत् ।
पितृशुश्रूषया बुद्धिं सम्प्राप्तोऽयमनुत्तमाम् ॥ २३ ॥

ब्रह्मर्षि व्यासजीके पुत्रकी यह उत्तम गति देख उन दोनोंको बड़ा विस्मय हुआ । वे आपसमें कहने लगीं, 'अहो ! इस वेदाभ्यासपरायण ब्राह्मणकी बुद्धिमें कितनी अद्भुत एकाग्रता है ? पिताकी सेवासे थोड़े ही समयमें उत्तम बुद्धि पाकर यह चन्द्रमाके समान आकाशमें विचर रहा है ॥ २२-२३ ॥

पितृभक्तो दृढतपाः पितुः सुदयितः सुतः ।
अनन्यमनसा तेन कथं पित्रा विसर्जितः ॥ २४ ॥

'यह बड़ा ही तपस्वी और पितृभक्त था और अपने पिताका बहुत ही प्यारा बेटा था । उनका मन सदा इसीमें लगा रहता था; फिर भी उन्होंने इसे जानेकी आज्ञा कैसे दे दी ?' ॥

उर्वश्या वचनं श्रुत्वा शुकः परमधर्मवित् ।
उदैक्षत दिशः सर्वा वचने गतमानसः ॥ २५ ॥

उर्वशीकी बात सुनकर परम धर्मज्ञ शुकदेवजीने सम्पूर्ण दिशाओंकी ओर देखा । उस समय उनका चित्त उसकी बातों की ओर चला गया था ॥ २५ ॥

सोऽन्तरिक्षं महीं चैव सशैलवनकाननाम् ।
विलोकयामास तदा सरांसि सरितस्तथा ॥ २६ ॥

आकाश, पर्वत, [illegible] और काननोंसहित पृथ्वी एवं सरोवरों और सरिताओंकी ओर भी उन्होंने दृष्टि डाली ॥ २६ ॥

ततो द्वैपायनसुतं बहुमानात् समन्ततः ।
कृताञ्जलिपुटाः सर्वा निरीक्षन्ते [illegible] देवताः ॥ २७ ॥

उस समय इन सबकी अधिष्ठात्री देवियोंने सब ओरसे बड़े आदरके साथ द्वैपायनकुमार शुकदेवजीको देखा । वे सब-की-सब अञ्जलि बाँधे खड़ी थीं ॥ २७ ॥

अब्रवीत् तास्तदा वाक्यं शुकः परमधर्मवित् ।
पिता यद्यनुगच्छेन्मां क्रोशमानः शुकेति [illegible] ॥ २८ ॥
ततः प्रतिवचो देयं सर्वैरेव समाहितैः ।
एतन्मे स्नेहतः सर्वे वचनं कर्तुमर्हथ ॥ २९ ॥

तब परम धर्मज्ञ शुकदेवजीने उन सबसे कहा—'देवियो ! यदि मेरे पिताजी मेरा नाम लेकर पुकारते हुए इधर आ निकलें तो आप सब लोग सावधान होकर मेरी ओरसे उन्हें उत्तर देना । आप लोगोंका मुझपर बड़ा स्नेह है, इसलिये आप सब मेरी इतनी-सी बात मान लेना' ॥ २८-२९ ॥

शुकस्य वचनं श्रुत्वा दिशः सर्वाः सकाननाः ।
समुद्राः सरितः शैलाः प्रत्यूचुस्तं समन्ततः ॥ ३० ॥

शुकदेवजीकी यह बात सुनकर काननोंसहित सम्पूर्ण दिशाओं, समुद्रों, नदियों, पर्वतों और पर्वतोंकी अधिष्ठात्री देवियोंने सब ओरसे यह उत्तर दिया—॥ ३० ॥

यथाऽऽज्ञापयसे विप्र बाढमेवं भविष्यति ।
ऋषेर्व्याहरतो वाक्यं प्रतिवक्ष्यामहे वयम् ॥ ३१ ॥

'ब्रह्मन् ! आप जैसी आज्ञा देते हैं, निश्चय ही वैसा ही होगा। जब महर्षि व्यास आपको पुकारेंगे, तब हम सब लोग उन्हें उत्तर देंगी' ॥ ३१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकाभिपतने द्वात्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवजीका ऊर्ध्वगमनविषयक तीन सौ बत्तीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३२ ॥

त्रयस्त्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

शुकदेवजीकी परमपद-प्राप्ति तथा पुत्र-शोकसे व्याकुल व्यासजीको महादेवजीका आश्वासन देना

भीष्म उवाच

इत्येवमुक्त्वा वचनं ब्रह्मर्षिः सुमहातपाः ।
प्रातिष्ठत शुकः सिद्धिं हित्वा दोषांश्चतुर्विधान् ॥ १ ॥
तमो ह्यष्टविधं हित्वा जहौ पञ्चविधं रजः ।
ततः सत्त्वं जहौ धीमांस्तदद्भुतमिवाभवत् ॥ २ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! यह वचन कहकर महातपस्वी शुकदेवजी सिद्धि पानेके उद्देश्यसे आगे बढ़ गये। बुद्धिमान् शुकने चार प्रकारके दोषोंका, आठ प्रकारके तमोगुणका तथा पाँच प्रकारके रजोगुणका परित्याग करके सत्त्वगुणको भी त्याग दिया*; वह एक अद्भुत-सी बात हुई ॥

ततस्तस्मिन् पदे नित्ये निर्गुणे लिङ्गवर्जिते ।
ब्रह्मणि प्रत्यतिष्ठत् स विधूमोऽग्निरिव ज्वलन् ॥ ३ ॥

तत्पश्चात् वे नित्य निर्गुण एवं लिङ्गरहित ब्रह्मपदमें स्थित हो गये। उस समय उनका तेज धूमहीन अग्निकी भाँति देदीप्यमान हो रहा था ॥ ३ ॥

उल्कापाता दिशां दाहो भूमिकम्पस्तथैव च ।
प्रादुर्भूताः क्षणे तस्मिंस्तदद्भुतमिवाभवत् ॥ ४ ॥

उसी क्षण उल्काएँ टूटकर गिरने लगीं। दिशाओंमें दाह होने लगा और धरती डोलने लगी। यह सब आश्चर्य-की-सी घटना घटित हुई ॥ ४ ॥

द्रुमाः शाखाश्च मुमुचुः शिखराणि च पर्वताः ।
निर्घातशब्दैश्च गिरिर्हिमवान् दीर्यतीव ह ॥ ५ ॥

वृक्षोंने अपनी शाखाएँ अपने आप तोड़कर गिरा दीं। पर्वतोंने अपने शिखर भङ्ग कर दिये। वज्रपातके शब्दोंसे गिरिराज हिमालय विदीर्ण-सा होता जान पड़ता था ॥

न बभासे सहस्रांशुर्न जज्वाल च पावकः ।
ह्रदाश्च सरितश्चैव चुक्षुभुः सागरास्तथा ॥ ६ ॥

सूर्यकी प्रभा फीकी पड़ गयी। आग प्रज्वलित नहीं होती थी। सरोवर, सरिता और समुद्र सभी क्षुब्ध हो उठे ॥

ववर्ष वासवस्तोयं रसवच्च सुगन्धि च ।
ववौ समीरणश्चापि दिव्यगन्धवहः शुचिः ॥ ७ ॥

इन्द्रने रसमय और सुगन्धित जलकी वर्षा की तथा दिव्य गन्ध फैलाती हुई परम पवित्र वायु चलने लगी ॥७॥

स शृङ्गे प्रथमे दिव्ये हिमवन्मेरुसम्भवे ।
संश्लिष्टे श्वेतपीते द्वे रुक्मरूप्यमये शुभे ॥ ८ ॥
शतयोजनविस्तारे तिर्यगूर्ध्वं च भारत ।
उदीचीं दिशमास्थाय रुचिरे संददर्श ह ॥ ९ ॥

भरतनन्दन ! आगे बढ़नेपर श्रीशुकदेवजीने पर्वतके दो दिव्य एवं सुन्दर शिखर देखे, जो एक दूसरेसे सटे हुए थे। उनमेंसे एक हिमालयका शिखर था और दूसरा मेरुपर्वतका। हिमालयका शिखर रजतमय होनेके कारण श्वेत दिखायी देता था और सुमेरुका स्वर्णमय शृङ्ग पीले रंगका था। इन दोनोंकी लम्बाई-चौड़ाई और ऊँचाई सौ-सौ योजनकी थी। उत्तरदिशाकी ओर जाते समय ये दोनों सुरम्य शिखर शुकदेवजीकी दृष्टिमें पड़े ॥ ८-९ ॥

सोऽविशङ्केन मनसा तदैवाभ्यपतच्छुकः ।
ततः पर्वतशृङ्गे द्वे सहसैव द्विधाकृते ॥ १० ॥
अदृश्येतां महाराज तदद्भुतमिवाभवत् ।

उन्हें देखकर वे पूर्ववत् निःशङ्क मनसे उनके ऊपर चढ़ गये। फिर तो वे दोनों पर्वतशिखर सहसा दो भागोंमें बँट गये और बीचसे फटे हुए-से दिखायी देने लगे। महाराज ! यह एक अद्भुत-सी बात हुई ॥ १०½ ॥

ततः पर्वतशृङ्गाभ्यां सहसैव विनिःसृतः ॥ ११ ॥
न च प्रतिजघानास्य स गतिं पर्वतोत्तमः ।

तत्पश्चात् उन पर्वतशिखरोंसे वे सहसा आगे निकल गये। वह श्रेष्ठ पर्वत उनकी गतिको रोक न सका ॥११½॥

ततो महानभूच्छब्दो दिवि सर्वदिवौकसाम् ॥ १२ ॥
गन्धर्वाणामृषीणां च ये च शैलनिवासिनः ।

यह देख सम्पूर्ण देवताओं, गन्धर्वों, ऋषियों तथा जो

* सत्त्वगुण भी सुख और ज्ञानके सम्बन्धसे बाँधनेवाला होता है। 'मैं सुखी हूँ, अज्ञानी हूँ,' ऐसा जो अभिमान हो जाता है, वह ज्ञानीको गुणातीत अवस्थासे वञ्चित रख देता है। इसलिये यहाँ सत्त्वगुणको भी त्याग देनेकी बात कही गयी है।

उस पर्वतपर रहनेवाले दूसरे लोग थे, उन सबने बड़े जोरसे हर्षनाद किया। उनकी हर्षध्वनि आकाशमें चारों ओर गूँज उठी ॥ १२½ ॥

दृष्ट्वा शुकमतिक्रान्तं पर्वतं च द्विधाकृतम् ॥ १३ ॥
साधु साध्विति तत्रासीन्नादः सर्वत्र भारत।

भारत! शुकदेवजीको पर्वत लाँघकर आगे बढ़ते और उस पर्वतको दो टुकड़ोंमें विदीर्ण हुआ देख वहाँ सब ओर 'साधु-साधु' शब्द सुनायी पड़ने लगे ॥ १३½ ॥

स पूज्यमानो देवैश्च गन्धर्वैर्ऋषिभिस्तथा ॥ १४ ॥
यक्षराक्षससंघैश्च विद्याधरगणैस्तथा।
दिव्यैः पुष्पैः समाकीर्णमन्तरिक्षं समन्ततः ॥ १५ ॥
आसीत् किल महाराज शुकाभिपतने तदा।

महाराज! देवता, गन्धर्व, ऋषि, यक्ष, राक्षस और विद्याधरोंने उनका पूजन किया। वहाँसे शुकदेवजीके ऊपर उठते समय उनके चढ़ाये हुए दिव्य पुष्पोंकी वर्षासे वहाँ सब ओरका सारा आकाश [illegible] गया ॥ १४-१५½ ॥

ततो मन्दाकिनीं रम्यामुपरिष्टादभिव्रजन् ॥ १६ ॥
शुको ददर्श धर्मात्मा पुष्पितद्रुमकाननाम्।

राजन्! धर्मात्मा शुकने ऊर्ध्वलोकमें जाते समय खिले हुए वृक्षों और वनोंसे सुशोभित रमणीय मन्दाकिनी (आकाश-गङ्गा) का दर्शन किया ॥ १६½ ॥

तस्यां क्रीडन्त्यभिरतास्ते चैवाप्सरसां गणाः ॥ १७ ॥
शून्याकारं निराकाराः शुकं दृष्ट्वा विवाससः।

उसमें बहुत-सी अप्सराएँ स्नान एवं जलक्रीडा कर रही थीं। यद्यपि वे नंगी थीं, तो भी शुकदेवजीको शून्याकार (बाह्यज्ञानसे रहित एवं आत्मनिष्ठ) देख अपने शरीरको ढकने या छिपानेके लिये उद्यत नहीं हुईं ॥ १७½ ॥

तं प्रक्रामन्तमाज्ञाय पिता स्नेहसमन्वितः ॥ १८ ॥
उत्तमां गतिमास्थाय पृष्ठतोऽनुससार ह।

उन्हें इस प्रकार सिद्धिके लिये उत्क्रमण करते जान उनके पिता वेदव्यासजी भी स्नेहवश उत्तम गतिका आश्रय ले उनके पीछे-पीछे जाने लगे ॥ १८½ ॥

शुकस्तु मारुतादूर्ध्वं गतिं कृत्वान्तरिक्षगाम् ॥ १९ ॥
दर्शयित्वा प्रभावं स्वं ब्रह्मभूतोऽभवत् तदा।

उधर शुकदेव वायुमें आकाशगामिनी ऊर्ध्वगतिका आश्रय ले अपना प्रभाव दिखाकर तत्काल ब्रह्मीभूत हो गये ॥ १९½ ॥

महायोगगतिं त्वन्यां व्यासोत्थाय महातपाः ॥ २० ॥
निमेषान्तरमात्रेण शुकाभिपतनं ययौ।
स ददर्श द्विधा कृत्वा पर्वताग्रं शुकं गतम् ॥ २१ ॥

महातपस्वी व्यासजी दूसरी महायोगसम्बन्धिनी गतिका अवलम्बन करके ऊपरको उठे और पलक मारते-मारते [illegible] स्थानपर जा पहुँचे, जहाँसे उन पर्वत-शिखरोंको दो भागोंमें विदीर्ण करके शुकदेवजी आगे बढ़े थे। वह स्थान शुकाभिपतनके नामसे प्रसिद्ध हो गया था। उन्होंने उन स्थानको देखा ॥ २०-२१ ॥

शशंसुर्ऋषयस्तत्र कर्म पुत्रस्य तत् तदा।
[illegible] शुकेति दीर्घेण शब्देनाक्रन्दितस्तदा ॥ २२ ॥

वहाँ रहनेवाले ऋषियोंने आकर व्यासजीसे उनके पुत्रका वह अलौकिक कर्म कह सुनाया। तब व्यासजीने शुकदेवका नाम लेकर बड़े जोरसे रोदन किया ॥ २२ ॥

स्वयं पित्रा स्वरेणोच्चैस्त्रीँल्लोकाननुनाद्य वै।
शुकः सर्वगतो भूत्वा सर्वात्मा सर्वतोमुखः ॥ २३ ॥
प्रत्यभाषत धर्मात्मा भोः शब्देनानुनादयन्।

जब पिताने उच्चस्वरसे तीनों लोकोंको गुँजाते हुए पुकारा, तब सर्वव्यापी, सर्वात्मा एवं सर्वतोमुख होकर धर्मात्मा शुकने 'भोः' शब्दसे सम्पूर्ण जगत्को प्रतिध्वनित करते हुए पिताको उत्तर दिया ॥ २३½ ॥

तत एकाक्षरं नादं भोरित्येव समीरयन् ॥ २४ ॥
प्रत्याहरञ्जगत् सर्वमुच्चैः स्थावरजङ्गमम्।

उसीके साथ-साथ सम्पूर्ण चराचर जगत्ने उच्चस्वरसे 'भोः' इस एकाक्षर शब्दका उच्चारण करते हुए उत्तर दिया ॥ २४½ ॥

ततः प्रभृति चाद्यापि शब्दानुच्चारितान् पृथक् ॥ २५ ॥
गिरिगह्वरपृष्ठेषु व्याहरन्ति शुकं प्रति।

तभीसे आजतक पर्वतोंके शिखरपर अथवा गुफाओंके आस-पास जब-जब आवाज दी जाती है, तब-तब वहाँके चराचर निवासी प्रतिध्वनिके रूपमें उसका उत्तर देते हैं, जैसा कि उन्होंने शुकदेवजीके लिये किया था ॥ २५½ ॥

अन्तर्हितः प्रभावं [illegible] दर्शयित्वा शुकस्तदा ॥ २६ ॥
गुणान् संत्यज्य शब्दादीन् पदमभ्यगमत् परम्।

इस प्रकार अपना प्रभाव दिखलाकर शुकदेवजी अन्तर्धान हो गये और शब्द आदि गुणोंका परित्याग करके परमपदको [illegible] हुए ॥ २६½ ॥

महिमानं तु तं दृष्ट्वा पुत्रस्यामिततेजसः ॥ २७ ॥
निषसाद गिरिप्रस्थे पुत्रमेवानुचिन्तयन्।

अपने अमिततेजस्वी पुत्रकी यह महिमा देखकर व्यासजी उसीका चिन्तन करते हुए उस पर्वतके शिखर-पर बैठ गये ॥ २७½ ॥

ततो मन्दाकिनीतीरे क्रीडन्तोऽप्सरसां गणाः ॥ २८ ॥
आसाद्य तमृषिं सर्वाः सम्भ्रान्ता गतचेतसः।
जले निलिल्यिरे काश्चित् काश्चिद् गुल्मान् प्रपेदिरे ॥ २९ ॥

उस समय मन्दाकिनीके तटपर क्रीड़ा करती हुई समस्त अप्सराएँ महर्षि व्यासको अपने निकट पाकर बड़ी घबराहटमें पड़ गयीं, अचेत-सी हो गयीं। कोई उन्हें छिप गयीं और कोई लताओंकी झुरमुटमें ॥ २८-२९ ॥

वसनान्याददुः काश्चित् तं दृष्ट्वा मुनिसत्तमम् ।
तां मुक्ततां तु विज्ञाय मुनिः पुत्रस्य वै तदा ॥ ३० ॥
सक्ततामात्मनश्चैव प्रीतोऽभूद् व्रीडितश्च ह ॥ ३१ ॥

कुछ अप्सराओंने मुनिश्रेष्ठ व्यासको देखकर अपने वस्त्र पहन लिये। उस समय अपने पुत्रकी मुक्तता जानकर मुनि बड़े प्रसन्न हुए और अपनी आसक्तिका विचार करके वे बहुत लज्जित भी हुए ॥ ३०-३१ ॥

तं देवगन्धर्ववृतो महर्षिगणपूजितः ।
पिनाकहस्तो भगवानभ्यागच्छत शंकरः ॥ ३२ ॥
तमुवाच महादेवः सान्त्वपूर्वमिदं वचः ।
पुत्रशोकाभिसंतप्तं कृष्णद्वैपायनं तदा ॥ ३३ ॥

इसी समय देवताओं और गन्धर्वोंसे घिरे हुए तथा महर्षियोंसे पूजित पिनाकधारी भगवान् शङ्कर वहाँ आ पहुँचे और पुत्र-शोकसे संतप्त वेदव्यासजीको सान्त्वना देते हुए कहने लगे—॥ ३२-३३ ॥

अग्नेर्भूमेरपां वायोरन्तरिक्षस्य चैव ह ।
वीर्येण सदृशः पुत्रः पुरा मत्तस्त्वया वृतः ॥ ३४ ॥
स तथालक्षणो जातस्तपसा तव सम्भृतः ।
मम चैव प्रसादेन ब्रह्मतेजोमयः शुचिः ॥ ३५ ॥

'ब्रह्मन्! तुमने पहले अग्नि, भूमि, जल, वायु और आकाशके समान शक्तिशाली पुत्र होनेका मुझसे वरदान माँगा था; अतः तुम्हें तुम्हारी तपस्याके प्रभाव तथा मेरी कृपासे पालित वैसा ही पुत्र प्राप्त हुआ। वह महातेजसे सम्पन्न और परम पवित्र था ॥ ३४-३५ ॥

स गतिं परमां प्राप्तो दुष्प्रापामजितेन्द्रियैः ।
दैवतैरपि विप्रर्षे तं त्वं किमनुशोचसि ॥ ३६ ॥

'ब्रह्मर्षे! इस समय उसने ऐसी उत्तम गति प्राप्त की है, जो अजितेन्द्रिय पुरुषों तथा देवताओंके लिये भी दुर्लभ है, फिर भी तुम उसके लिये क्यों शोक कर रहे हो? ॥ ३६ ॥

यावत् स्थास्यन्ति गिरयो यावत् स्थास्यन्ति सागराः ।
तावत् तवाक्षया कीर्तिः सपुत्रस्य भविष्यति ॥ ३७ ॥

'जबतक इस संसारमें पर्वतोंकी सत्ता रहेगी और जबतक समुद्रोंकी स्थिति बनी रहेगी, तबतक तुम्हारी और तुम्हारे पुत्रकी अक्षय कीर्ति इस संसारमें छायी रहेगी ॥

छायां स्वपुत्रसदृशीं सर्वतोऽनपगां सदा ।
द्रक्ष्यसे त्वं च लोकेऽस्मिन् मत्प्रसादान्महामुने ॥ ३८ ॥

'महामुने! तुम मेरे प्रसादसे इस जगत्में सदा अपने पुत्रसदृश छायाका दर्शन करते रहोगे। वह सब ओर दिखायी देगी, कभी तुम्हारी आँखोंसे ओझल न होगी' ॥

सोऽनुनीतो भगवता स्वयं रुद्रेण भारत ।
छायां पश्यन् समावृत्तः स मुनिः परया मुदा ॥ ३९ ॥

भरतनन्दन! साक्षात् भगवान् शंकरके इस प्रकार आश्वासन देनेपर सर्वत्र अपने पुत्रकी छाया देखते हुए मुनिवर व्यास बड़ी प्रसन्नताके साथ अपने आश्रमपर लौट आये ॥ ३९ ॥

इति जन्म गतिश्चैव शुकस्य भरतर्षभ ।
विस्तरेण समाख्याता यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥ ४० ॥

भरतश्रेष्ठ युधिष्ठिर! तुम मुझसे जिसके विषयमें पूछ रहे थे, वह शुकदेवजीके जन्म और परमपद-प्राप्तिकी कथा मैंने तुम्हें विस्तारसे सुनायी है ॥ ४० ॥

एतदाचष्ट मे राजन् देवर्षिर्नारदः पुरा ।
व्यासश्चैव महायोगी संजल्पेषु पदे पदे ॥ ४१ ॥

राजन्! सबसे पहले देवर्षि नारदजीने यह वृत्तान्त मुझे बताया था। महायोगी व्यासजी भी बातचीतके प्रसंगमें पद-पदपर इस प्रसङ्गको दुहराया करते हैं ॥ ४१ ॥

इतिहासमिमं पुण्यं मोक्षधर्मोपसंहितम् ।
धारयेद् यः शमपरः स गच्छेत् परमां गतिम् ॥ ४२ ॥

जो पुरुष मोक्षधर्मसे युक्त इस परम पवित्र इतिहासको सुनकर या पढ़कर अपने हृदयमें धारण करेगा, वह शान्ति-परायण हो परमगति (मोक्ष) को प्राप्त होगा ॥ ४२ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि शुकोत्पत्तिसमाप्तिर्नाम त्रयस्त्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें शुकदेवजीकी ऊर्ध्वगतिके वर्णनको समाप्ति नामक तीन सौ तैंतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३३ ॥

चतुस्त्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

बदरिकाश्रममें नारदजीके पूछनेपर भगवान् नारायणका परमदेव परमात्माको ही सर्वश्रेष्ठ पूजनीय बताना

युधिष्ठिर उवाच

गृहस्थो ब्रह्मचारी वा वानप्रस्थोऽथ भिक्षुकः ।
य इच्छेत् सिद्धिमास्थातुं देवतां कां यजेत सः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! गृहस्थ, ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ अथवा संन्यासी जो भी सिद्धि पाना चाहे, वह किस देवताका पूजन करे? ॥ १ ॥

कुतो ह्यस्य ध्रुवः स्वर्गः कुतो नैःश्रेयसं परम् ।
विधिना केन जुहुयाद् दैवं पित्र्यं तथैव च ॥ २ ॥

मनुष्यको अक्षय स्वर्गकी प्राप्ति कैसे हो सकती है ? उसे परम कल्याण किस साधनसे सुलभ हो [illegible] है ? वह किस विधिसे देवताओं तथा पितरोंके उद्देश्यसे होम करे ? ॥ २ ॥

मुक्तश्च कां गतिं गच्छेन्मोक्षश्चैव किमात्मकः ।
स्वर्गतश्चैव किं कुर्याद् येन न च्यवते दिवः ॥ ३ ॥

मुक्त पुरुष किस गतिको प्राप्त होता है ? मोक्षका क्या स्वरूप है ? स्वर्गमें गये हुए मनुष्यको [illegible] करना चाहिये, जिससे वह स्वर्गसे नीचे न गिरे ? ॥ ३ ॥

देवतानां च को देवः पितॄणां च पिता तथा ।
तस्मात् परतरं यच्च तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ ४ ॥

देवताओंका भी देवता और पितरोंका भी पिता कौन है ? अथवा उससे भी श्रेष्ठ तत्त्व क्या है ? पितामह ! इन सब बातोंको आप मुझे बताइये ॥ ४ ॥

भीष्म उवाच

गूढं मां प्रश्नवित् प्रश्नं पृच्छसे त्वमिहानघ ।
न ह्येतत् तर्कया शक्यं वक्तुं वर्षशतैरपि ॥ ५ ॥
ऋते देवप्रसादाद् वा राजन् ज्ञानागमेन वा ।
गहनं ह्येतदाख्यानं व्याख्यातव्यं तवारिहन् ॥ ६ ॥

भीष्मजीने कहा—निष्पाप युधिष्ठिर ! तुम [illegible] खूब जानते हो । इस समय तुमने मुझसे बड़ा गूढ़ प्रश्न किया है । राजन् ! भगवान्‌की कृपा अथवा [illegible] शास्त्रके विना केवल तर्कके द्वारा सैकड़ों वर्षोंमें भी [illegible] प्रश्नोंका उत्तर नहीं दिया जा सकता । शत्रुसूदन ! यद्यपि यह विषय समझनेमें बहुत कठिन है, तो भी तुम्हारे लिये तो इसकी व्याख्या करनी ही है ॥ ५-६ ॥

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
नारदस्य च संवादमृषेर्नारायणस्य च ॥ ७ ॥

इस विषयमें जानकार लोग देवर्षि नारद और [illegible] ऋषिके संवादरूप प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं ॥ ७ ॥

नारायणो हि विश्वात्मा चतुर्मूर्तिः सनातनः ।
धर्मात्मजः सम्बभूव पितैवं मेऽभ्यभाषत ॥ ८ ॥

मेरे पिताजीने मुझे यह बताया था कि भगवान् नारायण सम्पूर्ण जगत्‌के आत्मा, चतुर्मूर्ति और सनातन देवता हैं । वे ही एक समय धर्मके पुत्ररूपसे प्रकट हुए थे ॥ ८ ॥

कृते युगे महाराज पुरा स्वायम्भुवेऽन्तरे ।
नरो नारायणश्चैव हरिः कृष्णः स्वयम्भुवः ॥ ९ ॥

महाराज ! स्वायम्भुव मन्वन्तरके सत्ययुगमें उन स्वयम्भू भगवान् वासुदेवके चार अवतार हुए थे, जिनके नाम [illegible] प्रकार हैं—नर, नारायण, हरि और कृष्ण ॥ ९ ॥

तेषां नारायणनरौ तपस्तेपतुरव्ययौ ।
बदर्याश्रममासाद्य शकटे कनकामये ॥ १० ॥

उनमेंसे अविनाशी नारायण और नर बदरिकाश्रममें जाकर एक सुवर्णमय रथपर स्थित हो घोर तपस्या करने लगे ॥ १० ॥

अष्टचक्रं हि तद् यानं भूतयुक्तं मनोरमम् ।
तत्राद्यौ लोकनाथौ तौ कृशौ धमनिसंततौ ॥ ११ ॥
तपसा तेजसा चैव दुर्निरीक्ष्यौ सुरैरपि ।
यस्य प्रसादं कुर्वाते स देवौ द्रष्टुमर्हति ॥ १२ ॥

उनका वह मनोरम रथ आठ पहियोंसे युक्त था और उसमें अनेकानेक प्राणी जुते हुए थे । वे दोनों आदिपुरुष जगदीश्वर तपस्या करते-करते अत्यन्त दुर्बल हो गये । उनके शरीरकी नसें दिखायी देने लगीं । तपस्यासे उनका तेज इतना बढ़ गया था कि देवताओंको भी उनकी ओर देखना कठिन हो रहा था । जिनपर वे कृपा करते थे, वही उन दोनों देवेश्वरोंका दर्शन कर सकता था ॥ ११-१२ ॥

नूनं तयोरनुमते हृदि हृच्छयचोदितः ।
महामेरोर्गिरेः शृङ्गात् प्रच्युतो गन्धमादनम् ॥ १३ ॥

निश्चय ही उन दोनोंकी इच्छाके अनुसार अपने हृदयमें अन्तर्यामीकी प्रेरणा होनेपर देवर्षि नारद महामेरु पर्वतके शिखरसे गन्धमादन पर्वतपर उतर पड़े ॥ १३ ॥

नारदः सुमहद्भूतं सर्वलोकानचीचरत् ।
तं देशमगमद् राजन् बदर्याश्रममाशुगः ॥ १४ ॥

राजन् ! नारदजी सम्पूर्ण लोकोंमें विचरते थे; [illegible] वे शीघ्रगामी मुनि बदरिकाश्रमके [illegible] विशाल प्रदेशमें घूमते-घामते आ पहुँचे, जो महान् प्राणियोंसे युक्त था ॥ १४ ॥

तयोराह्निकवेलायां तस्य कौतूहलं त्वभूत् ।
इदं तदास्पदं कृत्स्नं यस्मिँल्लोकाः प्रतिष्ठिताः ॥ १५ ॥
सदेवासुरगन्धर्वाः सकिन्नरमहोरगाः ।

[illegible] वहाँ भगवान् नर और नारायणके नित्यकर्मका [illegible] हुआ, उसी [illegible] नारदजीके मनमें उनके दर्शनके लिये बड़ी उत्कण्ठा हुई । वे सोचने लगे, 'अहो ! [illegible] उन्हीं भगवान्‌का स्थान है, जिनके भीतर देवता, असुर, गन्धर्व, किन्नर और महान् नागोंसहित सम्पूर्ण लोक निवास करते हैं ॥ १५½ ॥

एका मूर्तिरियं पूर्वं जाता भूयश्चतुर्विधा ॥ १६ ॥
धर्मस्य कुलसंताने धर्मादेभिर्विवर्धितः ।
अहो ह्यनुगृहीतोऽद्य धर्म एभिः सुरैरिह ॥ १७ ॥
नरनारायणाभ्यां च कृष्णेन हरिणा तथा ।

'पहले ये एक ही रूपमें विद्यमान थे; फिर धर्मकी वंश-परम्पराका विस्तार करनेके [illegible] चार विग्रहोंमें प्रकट हुए । इन चारोंने अपने उपार्जित धर्मसे धर्मदेवकी वंश-परम्पराको बढ़ाया है । अहो ! इस समय नर, नारायण, [illegible] और हरि—इन चारों देवताओंने धर्मपर बड़ा अनुग्रह किया है ॥ १६-१७½ ॥

नर-नारायणका नारदजीके साथ संवाद

[illegible] कृष्णो हरिश्चैव कस्मिंश्चित् कारणान्तरे ॥ १८ ॥
स्थितौ धर्मोत्तरौ ह्येतौ [illegible] तपसि धिष्ठितौ ।

'इनमेंसे हरि और [illegible] किसी और कार्यमें संलग्न हैं; परंतु ये दोनों भाई नारायण और नर धर्मको ही प्रधान मानते हुए तपस्यामें संलग्न [illegible] ॥ १८½ ॥

एतौ [illegible] परमं धाम कान्तयोराह्निकक्रिया ॥ १९ ॥
पितरौ सर्वभूतानां दैवतं च यशस्विनौ ।
कां देवतां तु यजतः पितॄन् वा कान् महामती [illegible] २० ॥

'ये ही दोनों परमधामस्वरूप हैं। इनका यह नित्यकर्म कैसा है? ये दोनों यशस्वी देवता सम्पूर्ण प्राणियोंके पिता और देवता [illegible]। [illegible] बुद्धिमान् दोनों बन्धु [illegible] किस देवताका यजन और किन पितरोंका पूजन करते हैं?' ॥ १९-२० ॥

इति संचिन्त्य [illegible] [illegible] नारायणस्य [illegible] ।
[illegible] प्रादुरभवत् समीपे देवयोस्तदा ॥ २१ ॥

मन-ही-मन ऐसा सोचकर भगवान् नारायणके प्रति भक्तिसे प्रेरित हो नारदजी सहसा उन देवताओंके समीप प्रकट हो गये ॥ २१ ॥

कृते दैवे [illegible] पित्र्ये [illegible] ततस्ताभ्यां निरीक्षितः ।
पूजितश्चैव विधिना यथाप्रोक्तेन शास्त्रतः ॥ २२ ॥

भगवान् नर और नारायण जब देवता और पितरोंकी पूजा समाप्त [illegible] चुके, तब उन्होंने नारदजीको देखा और [illegible] बतायी हुई विधिसे उनका पूजन किया ॥ २२ ॥

तद् दृष्ट्वा महदाश्चर्यमपूर्वं विधिविस्तरम् ।
उपोपविष्टः सुप्रीतो नारदो भगवानृषिः ॥ २३ ॥

उनके द्वारा शास्त्रविधिका यह अपूर्व विस्तार और अत्यन्त आश्चर्यजनक व्यवहार देखकर उनके [illegible] ही बैठे [illegible] देवर्षि भगवान् नारद अत्यन्त प्रसन्न हुए ॥ २३ ॥

नारायणं संनिरीक्ष्य प्रसन्नेनान्तरात्मना ।
नमस्कृत्वा महादेवमिदं वचनमब्रवीत् ॥ २४ ॥

[illegible] चित्तसे महादेव भगवान् नारायणकी ओर देखकर नारदजीने उन्हें नमस्कार किया और इस [illegible] [illegible] ॥ २४ ॥

नारद उवाच

वेदेषु सपुराणेषु साङ्गोपाङ्गेषु गीयसे ।
[illegible] शाश्वतो धाता मातामृतमनुत्तमम् ॥ २५ ॥

नारदजी बोले—भगवन्! अङ्ग और उपाङ्गोंसहित सम्पूर्ण वेदों तथा पुराणोंमें आपकी ही महिमाका गान किया जाता है। आप अजन्मा, सनातन, सबके माता-पिता और सर्वोत्तम अमृतरूप हैं ॥ २५ ॥

प्रतिष्ठितं भूतभव्यं त्वयि सर्वमिदं जगत् ।
चत्वारो ह्याश्रमा देव सर्वे गार्हस्थ्यमूलकाः ॥ २६ ॥
यजन्ते त्वामहरहर्नानामूर्तिसमास्थितम् ।

देव! आपमें ही भूत, भविष्य और वर्तमानकालीन यह सम्पूर्ण जगत् प्रतिष्ठित है। गार्हस्थ्यमूलक चारों आश्रमों-के सब लोग नाना रूपोंमें स्थित हुए आपकी [illegible] प्रतिदिन पूजा करते हैं ॥ २६½ ॥

पिता [illegible] च सर्वस्य [illegible] शाश्वतो गुरुः ।
कं [illegible] यजसे देवं पितरं कं न विद्महे ॥ २७ ॥
(कमर्चसि महाभाग तन्मे ब्रूहीह पृच्छतः ।)

आप ही सम्पूर्ण जगत्के माता, पिता और सनातन गुरु हैं, तो भी आज आप किस देवता और किस पितरकी पूजा करते हैं? यह मैं [illegible] नहीं [illegible]। [illegible] महाभाग! [illegible] आपसे पूछ रहा हूँ, मुझे बताइये कि आप किसकी पूजा करते [illegible]? ॥ २७ ॥

श्रीभगवानुवाच

अवाच्यमेतद् वक्तव्यमात्मगुह्यं सनातनम् ।
तव भक्तिमतो [illegible] वक्ष्यामि तु यथातथम् ॥ २८ ॥

श्रीभगवान् बोले—ब्रह्मन्! तुमने जिसके विषयमें [illegible] किया है, वह अपने लिये गोपनीय विषय है। यद्यपि यह सनातन [illegible] किसीसे कहने योग्य नहीं है, तथापि तुम-जैसे भक्त पुरुषको तो उसे बताना ही चाहिये; अतः [illegible] यथार्थ रूपसे इस विषयका वर्णन करूँगा ॥ २८ ॥

यत् तत् सूक्ष्ममविज्ञेयमव्यक्तमचलं ध्रुवम् ।
इन्द्रियैरिन्द्रियार्थैश्च सर्वभूतैश्च वर्जितम् ॥ २९ ॥
स [illegible] भूतानां क्षेत्रज्ञश्चेति कथ्यते ।
त्रिगुणव्यतिरिक्तो वै पुरुषश्चेति कल्पितः ॥ ३० ॥
तस्मादव्यक्तमुत्पन्नं त्रिगुणं द्विजसत्तम ।
अव्यक्ता व्यक्तभावस्था [illegible] [illegible] प्रकृतिरव्यया ॥ ३१ ॥

जो सूक्ष्म, अज्ञेय, अव्यक्त, अचल और ध्रुव है, जो इन्द्रियों, विषयों और सम्पूर्ण भूतोंसे परे है, वही [illegible] प्राणियोंका अन्तरात्मा है; अतः क्षेत्रज्ञ नामसे कहा जाता है, वही त्रिगुणातीत तथा पुरुष कहलाता है। उसीसे त्रिगुण-मय अव्यक्तकी उत्पत्ति हुई है। द्विजश्रेष्ठ! उसीको व्यक्त-भावमें स्थित, अविनाशिनी अव्यक्त प्रकृति कहा गया है ॥ २९–३१ ॥

तां योनिमावयोर्विद्धि योऽसौ सदसदात्मकः ।
आवाभ्यां पूज्यतेऽसौ हि दैवे पित्र्ये च कल्प्यते ॥ ३२ ॥

वह सदसत्स्वरूप परमात्मा ही हम दोनोंकी उत्पत्तिका कारण है, इस बातको जान लो। हम दोनों उसीकी पूजा करते तथा उसीको देवता और पितर मानते हैं ॥ ३२ ॥

नास्ति तस्मात् परोऽन्यो हि पिता देवोऽथवा द्विज ।
आत्मा हि नः स विज्ञेयस्ततस्तं पूजयावहे ॥ ३३ ॥

ब्रह्मन्! उससे बढ़कर दूसरा कोई देवता या पितर नहीं है। वही हमलोगोंका आत्मा है, यह जानना चाहिये; अतः हम उसीकी पूजा करते हैं ॥ ३३ ॥

तेनैषा प्रथिता ब्रह्मन् मर्यादा लोकभाविनी ।

दैवं पित्र्यं च कर्तव्यमिति तस्यानुशासनम् ॥ ३४ ॥

ब्रह्मन् ! उसीने लोकको उन्नतिके पथपर ले जानेवाली यह धर्मकी मर्यादा स्थापित की है। देवताओं और पितरोंकी पूजा करनी चाहिये, यह उसीकी आज्ञा है ॥ ३४ ॥

ब्रह्मा स्थाणुर्मनुर्दक्षो भृगुर्धर्मस्तपो यमः।
मरीचिरङ्गिराऽत्रिश्च पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः ॥ ३५ ॥
वसिष्ठः परमेष्ठी च विवस्वान् सोम एव च।
कर्दमश्चापि यः प्रोक्तः क्रोधो विक्रीत एव च ॥ ३६ ॥
एकविंशतिरुत्पन्नास्ते प्रजापतयः स्मृताः।
तस्य देवस्य मर्यादां पूजयन्तः सनातनीम् ॥ ३७ ॥

ब्रह्मा, रुद्र, मनु, दक्ष, भृगु, धर्म, तप, यम, मरीचि, अङ्गिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, वसिष्ठ, परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्रमा, कर्दम, क्रोध और विक्रीत—ये इक्कीस प्रजापति उसी परमात्मासे उत्पन्न बताये गये हैं तथा उसी परमात्माकी सनातन धर्म-मर्यादाका पालन एवं पूजन करते हैं ॥ ३५—३७ ॥

दैवं पित्र्यं च सततं तस्य विज्ञाय तत्त्वतः।
आत्मप्राप्तानि च ततः प्राप्नुवन्ति द्विजोत्तमाः ॥ ३८ ॥

श्रेष्ठ द्विज उसीके उद्देश्यसे किये जानेवाले देवता तथा पितृ-सम्बन्धी कार्योंको ठीक-ठीक जानकर अपनी अभीष्ट वस्तुओंको प्राप्त कर लेते हैं ॥ ३८ ॥

स्वर्गस्था अपि ये केचित् तान् नमस्यन्ति देहिनः।
ते तत्प्रसादाद् गच्छन्ति तेनादिष्टफलां गतिम् ॥ ३९ ॥

स्वर्गमें रहनेवाले प्राणियोंमेंसे भी जो कोई उस परमात्माको प्रणाम करते हैं, वे उसके कृपा-प्रसादसे उसीकी आज्ञाके अनुसार फल देनेवाली उत्तम गतिको प्राप्त करते हैं ॥ ३९ ॥

ये हीनाः सप्तदशभिर्गुणैः कर्मभिरेव च।
कलाः पञ्चदश त्यक्त्वा ते मुक्ता इति निश्चयः ॥ ४० ॥

जो पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राण तथा मन और बुद्धिरूप सत्रह गुणोंसे, सब कर्मोंसे रहित हो [illegible] कलाओंको त्याग करके स्थित हैं, वे ही मुक्त हैं, यह [illegible] सिद्धान्त है ॥ ४० ॥

मुक्तानां तु गतिर्ब्रह्मन् क्षेत्रज्ञ इति कल्पिता।
स हि सर्वगुणश्चैव निर्गुणश्चैव कथ्यते ॥ ४१ ॥

ब्रह्मन् ! मुक्त पुरुषोंकी गति क्षेत्रज्ञ परमात्मा निश्चित किया गया है। वही सर्वसद्गुणसम्पन्न तथा निर्गुण भी कहलाता है ॥ ४१ ॥

दृश्यते ज्ञानयोगेन आवां च प्रसृतौ ततः।
एवं ज्ञात्वा तमात्मानं पूजयावः सनातनम् ॥ ४२ ॥

ज्ञानयोगके द्वारा उसका साक्षात्कार होता है। हम दोनोंका आविर्भाव उसीसे हुआ है—ऐसा जानकर हम दोनों [illegible] सनातन परमात्माकी पूजा करते हैं ॥ ४२ ॥

तं वेदाश्चाश्रमाश्चैव नानामतसमास्थिताः।
भक्त्या सम्पूजयन्त्याशु गतिं चैषां ददाति सः ॥ ४३ ॥

चारों वेद, चारों आश्रम तथा नाना प्रकारके मतोंका आश्रय लेनेवाले लोग भक्तिपूर्वक उसकी पूजा करते हैं और वह इन सबको शीघ्र ही उत्तम गति प्रदान [illegible] है ॥ ४३ ॥

ये तु तद्भाविता लोके ह्येकान्तित्वं समास्थिताः।
एतदभ्यधिकं तेषां यत् ते तं प्रविशन्त्युत ॥ ४४ ॥

जो सदा [illegible] स्मरण करते तथा अनन्य भावसे उसकी शरण लेते हैं, उन्हें सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि वे उसके स्वरूपमें प्रवेश [illegible] जाते हैं ॥ ४४ ॥

इति गुह्यसमुद्देशस्तव नारद कीर्तितः।
भक्त्या प्रेम्णा च विप्रर्षे अस्मद्भक्त्या च ते श्रुतः ॥ ४५ ॥

नारद ! ब्रह्मर्षे ! तुममें भगवान्‌के प्रति भक्ति और प्रेम है। हमलोगोंके प्रति भी तुम्हारा भक्तिभाव [illegible] हुआ है। इसलिये हमने तुम्हारे सामने इस गोपनीय विषयका वर्णन किया है और तुम्हें इसे सुननेका शुभ अवसर मिला है ॥ ४५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि चतुस्त्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३४ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें तीन सौ चौंतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३४ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका ½ श्लोक मिलाकर कुल ४५½ श्लोक हैं)

पञ्चत्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

नारदजीका श्वेतद्वीपदर्शन, वहाँके निवासियोंके स्वरूपका वर्णन, राजा उपरिचरका चरित्र तथा पाञ्चरात्रकी उत्पत्तिका प्रसङ्ग

भीष्म उवाच

[illegible] एवमुक्तो द्विपदां वरिष्ठो
नारायणेनोत्तमपूरुषेण।
जगाद वाक्यं द्विपदां वरिष्ठं
नारायणं लोकहिताधिवासम् ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! पुरुषोत्तम भगवान् नारायणने जब पुरुषप्रवर नारदजीसे इस प्रकार कहा, तब वे लोकहितके आश्रयभूत पुरुषाग्रगण्य भगवान् नारायणसे यों बोले ॥ १ ॥

नारद उवाच

यदर्थमात्मप्रभवेण जन्म
कृतं त्वया धर्मगृहे चतुर्धा।

तत् साध्यतां लोकहितार्थमद्य
गच्छामि द्रष्टुं प्रकृतिं तवाद्याम् ॥ २ ॥

नारदजीने कहा—प्रभो ! आप पदार्थोंकी उत्पत्तिके कारण हैं। आपने जिसके लिये धर्मके गृहमें चार स्वरूपोंमें अवतार धारण किया है, उस प्रयोजनकी लोकहितके लिये सिद्धि कीजिये। अब मैं (श्वेतद्वीपमें स्थित) आपके आदिविग्रहका दर्शन करने जाता हूँ ॥ २ ॥

पूजां गुरूणां सततं करोमि
परस्य गुह्यं न च भिन्नपूर्वम्।
वेदाः स्वधीता मम लोकनाथ
तप्तं तपो नानृतमुक्तपूर्वम् ॥ ३ ॥

लोकनाथ ! मैं गुरुजनोंका सदा आदर करता हूँ। किसीकी गुप्त बात पहले कभी दूसरोंके समक्ष प्रकट नहीं की है। मैंने वेदोंका स्वाध्याय किया, तपस्या की और कभी असत्य-भाषण नहीं किया है ॥ ३ ॥

गुप्तानि चत्वारि यथागमं मे
शत्रौ च मित्रे च समोऽस्मि नित्यम्।
तं चादिदेवं सततं प्रपन्न
एकान्तभावेन वृणोम्यजस्रम् ॥ ४ ॥
एभिर्विशेषैः परिशुद्धसत्त्वः
कस्मान्न पश्येयमनन्तमीशम्।

शास्त्रकी आज्ञाके अनुसार हाथ, पैर, उदर और उपस्थ—इन चारोंकी मैंने रक्षा की है। शत्रु और मित्रके प्रति मैं सदा समानभाव रखता हूँ। इन आदिदेव परमात्मा श्रीनारायणकी निरन्तर शरण लेकर मैं अनन्यभावसे सदा उन्हींका भजन करता हूँ। इन सब विशेष कारणोंसे मेरा अन्तःकरण शुद्ध हो गया है। ऐसी दशामें मैं उन अनन्त परमेश्वरका दर्शन कैसे नहीं कर सकता हूँ ? ॥ ४½ ॥

तत् पारमेष्ठ्यस्य वचो निशम्य
नारायणः शाश्वतधर्मगोप्ता ॥ ५ ॥
गच्छेति तं नारदमुक्तवान् स
सम्पूजयित्वाऽऽत्मविधिक्रियाभिः।

ब्रह्मपुत्र नारदजीका यह वचन सुनकर सनातन धर्मके रक्षक भगवान् नारायणने उनकी विधिवत् पूजा करके उन्हें जानेकी आज्ञा दे दी ॥ ५½ ॥

ततो विसृष्टः परमेष्ठिपुत्रः
सोऽभ्यर्चयित्वा तमृषिं पुराणम् ॥ ६ ॥
खमुत्पपातोत्तमयोगयुक्त-
स्ततोऽधिमेरौ सहसा निलिल्ये।

उनसे विदा लेकर ब्रह्मकुमार नारद उन पुरातन ऋषि नारायणका पूजन करके उत्तम योगसे युक्त हो आकाशकी ओर उड़े और सहसा मेरुपर्वतपर पहुँचकर अदृश्य हो गये ॥

तत्रावतस्थे च मुनिर्मुहूर्त-
मेकान्तमासाद्य गिरेः स शृङ्गे ॥ ७ ॥
आलोकयन्नुत्तरपश्चिमेन
ददर्श चाप्यद्भुतमुक्तरूपम्।

मेरुके शिखरपर एकान्त स्थानमें जाकर नारद मुनिने दो घड़ीतक विश्राम किया। फिर वहाँसे उत्तर-पश्चिमकी ओर दृष्टिपात करनेपर उन्होंने पूर्व-वर्णित एक अद्भुत दृश्य देखा ॥

क्षीरोदधेरुत्तरतो हि द्वीपः
श्वेतः स नाम्ना प्रथितो विशालः ॥ ८ ॥
मेरोः सहस्रैः स हि योजनानां
द्वात्रिंशतोर्ध्वं कविभिर्निरुक्तः।
अतीन्द्रियाश्चानशनाश्च तत्र
निष्पन्दहीनाः सुसुगन्धिनस्ते ॥ ९ ॥

क्षीरसागरके उत्तरभागमें जो श्वेत नामसे प्रसिद्ध विशाल द्वीप है, वह उनके सामने प्रकट हो गया। विद्वानोंने उस द्वीपको मेरुपर्वतसे बत्तीस हजार योजन ऊँचा बताया है। वहाँके निवासी इन्द्रियोंसे रहित, निराहार तथा चेष्टारहित एवं ज्ञानसम्पन्न होते हैं। उनके अङ्गोंसे उत्तम सुगन्ध निकलती रहती है ॥ ८-९ ॥

श्वेताः पुमांसो गतसर्वपापा-
श्चक्षुर्मुषः पापकृतां नराणाम्।
वज्रास्थिकायाः सममानोन्माना
दिव्यावयवरूपाः शुभसारोपेताः ॥ १० ॥
छत्राकृतिशीर्षा मेघौघनिनादाः
समसुष्कचतुष्का राजीवच्छतपादाः।
षष्ट्या दन्तैर्युक्ताः शुक्लैरष्टाभिर्दंष्ट्राभिर्ये
जिह्वाभिर्ये विष्वग्वक्त्रं लेलिह्यन्ते सूर्यप्रख्यम् ॥ ११ ॥

उस द्वीपमें सब प्रकारके पापोंसे रहित श्वेत वर्णवाले पुरुष निवास करते हैं। उनकी ओर देखनेसे पापी मनुष्योंकी आँखें चौंधिया जाती हैं। उनके शरीर तथा हड्डियाँ वज्रके समान सुदृढ होती हैं। वे मान और अपमानको समान समझते हैं। उनके अङ्ग दिव्य होते हैं। वे शुभ (योगके प्रभावसे उत्पन्न) बलसे सम्पन्न होते हैं। उनके मस्तकका आकार छत्रके समान और स्वर मेघोंकी घटाके गर्जनकी भाँति गम्भीर होता है। उनके बराबर-बराबर चार भुजाएँ होती हैं। उनके पैर सैकड़ों कमलसदृश रेखाओंसे सुशोभित होते हैं। उनके मुँहमें साठ सफेद दाँत और आठ दाढ़ें होती हैं। वे सूर्यके समान कान्तिमान् तथा सम्पूर्ण विश्वको अपने मुखमें रखनेवाले महाकालको भी अपनी जिह्वाओंसे चाट लेते हैं ॥ १०-११ ॥

देवं भक्त्या विश्वोत्पन्नं
यस्मात् सर्वे लोकाः सम्प्रसूताः।
वेदा धर्मा मुनयः शान्ता
देवाः सर्वे तस्य निसर्गाः ॥ १२ ॥

जिनसे सम्पूर्ण विश्व उत्पन्न हुआ है, सारे लोक ■ हुए हैं, वेद, धर्म, शान्त स्वभाववाले मुनि ■ सम्पूर्ण देवता जिनकी सृष्टि हैं, उन अनन्त शक्तिसम्पन्न परमेश्वरको श्वेतद्वीपके निवासी भक्तिभावसे अपने हृदयमें धारण करते हैं ■

युधिष्ठिर उवाच

अतीन्द्रिया निराहारा अनिष्पन्दाः सुगन्धिनः।
कथं ते पुरुषा जाताः का तेषां गतिरुत्तमा ॥ १३ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! श्वेतद्वीपमें रहनेवाले पुरुष इन्द्रिय, आहार तथा चेष्टासे रहित क्यों होते हैं ? उनके शरीरसे सुन्दर गन्ध क्यों निकलती है ? उनकी उत्पत्ति किस प्रकार हुई है तथा वे किस उत्तम गतिको प्राप्त होते हैं ? ॥१३॥

ये च मुक्ता भवन्तीह नरा भरतसत्तम।
तेषां लक्षणमेतद्धि तच्छ्वेतद्वीपवासिनाम् ॥ १४ ॥
तस्मान्मे संशयं छिन्धि परं कौतूहलं हि मे।
त्वं हि सर्वकथारामस्त्वां चैवोपाश्रिता वयम् ॥ १५ ॥

भरतश्रेष्ठ ! इस लोकसे मुक्त होनेवाले पुरुषोंका शास्त्रोंमें जो लक्षण बताया गया है, वैसा ही आपने श्वेतद्वीपके निवासियोंका भी बताया है। इसलिये मुझे संदेह होता है, अतः मेरे इस संशयका निवारण कीजिये। इसे जाननेके लिये मेरे मनमें बड़ी उत्कण्ठा है। आप सम्पूर्ण ज्ञानमयी कथाओंमें रस लेनेवाले हैं और हम आपके शरणागत ■ ॥ १४-१५ ॥

भीष्म उवाच

विस्तीर्णैषा कथा राजन् श्रुता मे पितृसंनिधौ।
यैषा तव हि वक्तव्या कथासारो हि ■ मता ॥ १६ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! यह कथा बहुत विस्तृत है। इसे मैंने अपने पिताजीके निकट सुना था। इस समय जो कथा तुम्हारे सामने कहनी है, वह सम्पूर्ण कथाओंकी सारभूत मानी गयी है ॥ १६ ॥

(शान्तनोः कथयामास नारदो मुनिसत्तमः।
राज्ञा पृष्टः पुरा प्राह तत्राहं श्रुतवान् पुरा ॥)

पूर्वकालमें मेरे पिता महाराज शान्तनुके पूछनेपर मुनिश्रेष्ठ नारदजीने उनसे यह कथा कही थी। उसी ■ वहाँ मैंने भी इसे सुना था ॥

राजोपरिचरो ■ बभूवाधिपतिर्भुवः।
आखण्डलसखः ख्यातो भक्तो नारायणं हरिम् ॥ १७ ॥

पहलेकी बात है, इस पृथ्वीपर एक उपरिचर नामक राजा राज्य करते थे। वे इन्द्रके मित्र और पापहारी भगवान् नारायणके विख्यात भक्त ■ ॥ १७ ॥

धार्मिको नित्यभक्तश्च पितुर्नित्यमतन्द्रितः।
साम्राज्यं तेन सम्प्राप्तं नारायणवरात् पुरा ॥ १८ ॥

वे धर्मात्मा तथा पिताके नित्य भक्त थे। आलस्यका उनमें सर्वथा अभाव था। पूर्वकालमें भगवान् नारायणके वरसे उन्होंने भूमण्डलका साम्राज्य प्राप्त किया था ॥ १८ ॥

सात्वतं विधिमास्थाय प्राक् सूर्यमुखनिःसृतम्।
पूजयामास देवेशं तच्छेषेण पितामहान् ॥ १९ ॥
पितृशेषेण विप्रांश्च संविभज्याश्रितांश्च सः।
शेषान्नभुक् सत्यपरः सर्वभूतेष्वहिंसकः ॥ २० ॥

जो पहले भगवान् सूर्यके मुखसे प्रकट हुआ था, ■ वैष्णव शास्त्रोक्त विधिका आश्रय ले वे प्रथम तो देवेश्वर भगवान् नारायणका पूजन करते। फिर उनकी सेवासे बचे हुए पदार्थोंसे पितरोंका, पितरोंकी सेवासे बचे हुए पदार्थोंसे ब्राह्मणोंका तथा अन्य आश्रितजनोंका विभागपूर्वक सत्कार करते थे। सबको देनेके अनन्तर बचे हुए अन्नका भोजन करते थे, सत्यमें तत्पर रहते और किसी भी प्राणीकी हिंसा नहीं करते थे ॥ १९-२० ॥

सर्वभावेन भक्तः ■ देवदेवं जनार्दनम्।
अनादिमध्यनिधनं लोककर्तारमव्ययम् ॥ २१ ॥

वे आदि, मध्य और अन्तसे रहित, अविनाशी, लोककर्ता देवदेव जनार्दनके भजनमें सम्पूर्णभावसे लगे रहते थे ॥

■ नारायणे भक्तिं वहतोऽमित्रकर्षिणः।
एकशय्यासनं देवो दत्तवान् देवराट् स्वयम् ॥ २२ ॥

भगवान् नारायणमें भक्ति रखनेवाले उस शत्रुसूदन नरेशपर प्रसन्न हो देवराज इन्द्र उन्हें अपने साथ ■ शय्या और एक आसनपर बिठाया करते थे ॥ २२ ॥

आत्मराज्यं धनं चैव कलत्रं वाहनं तथा।
यत्तद्भागवतं सर्वमिति तत् प्रोक्षितं सदा ॥ २३ ॥

राजा उपरिचरने अपने राज्य, धन, स्त्री और वाहन आदि ■ उपकरणोंको भगवान्‌की ही वस्तु समझकर सब उन्हींको समर्पित कर रखा ■ ॥ २३ ॥

काम्यनैमित्तिका राजन् यज्ञियाः परमक्रियाः।
सर्वाः सात्वतमास्थाय विधिं चक्रे समाहितः ॥ २४ ॥

राजन् ! वे सदा सावधान रहकर सकाम और नैमित्तिक यज्ञोंकी सम्पूर्ण क्रियाओंको वैष्णवशास्त्रोक्त विधिसे सम्पन्न किया करते ■ ॥ २४ ॥

पाञ्चरात्रविदो मुख्यास्तस्य गेहे महात्मनः।
प्रायणं भगवत्प्रोक्तं भुञ्जते वाग्रभोजनम् ॥ २५ ॥

उन महात्मा नरेशके घरमें पाञ्चरात्र शास्त्रके मुख्य-मुख्य विद्वान् सदा मौजूद रहते ■ और भगवान्‌को समर्पित किया हुआ प्रसाद अथवा भोज्य पदार्थ सबसे पहले वे ही भोजन करते थे ॥ २५ ॥

तस्य प्रशासतो राज्यं धर्मेणामित्रघातिनः।
नानृता वाक् समभवन्मनो दुष्टं न चाभवत् ॥ २६ ॥
न च कायेन कृतवान् ■ पापं परमण्वपि।

धर्मपूर्वक राज्यका शासन करते हुए उन शत्रुघाती नरेशने न तो कभी असत्य-भाषण किया और न कभी उनका मन ही बुरे विचारोंसे दूषित हुआ। अपने शरीरसे

तस्मात् प्रवक्ष्यते धर्मान् मनुः स्वायम्भुवः स्वयम्॥ ४४ ॥
उशना बृहस्पतिश्चैव यदोत्पन्नौ भविष्यतः।
तदा प्रवक्ष्यतः शास्त्रं युष्मन्मतिभिरुद्धृतम्॥ ४५ ॥

'स्वायम्भुव मनु स्वयं इसी ग्रन्थके अनुसार धर्मोंका उपदेश करेंगे। शुक्राचार्य और बृहस्पति जब प्रकट होंगे, तब वे भी तुम्हारी बुद्धिसे निकले हुए इस शास्त्रका प्रवचन करेंगे ॥ ४४-४५ ॥

स्वायम्भुवेषु धर्मेषु शास्त्रे चौशनसे कृते।
बृहस्पतिमते चैव लोकेषु प्रतिचारिते॥ ४६ ॥
युष्मत्कृतमिदं शास्त्रं प्रजापालो वसुस्ततः।
बृहस्पतिसकाशाद् वै प्राप्स्यते द्विजसत्तमाः॥ ४७ ॥

'द्विजश्रेष्ठगण! स्वायम्भुव मनुके धर्मशास्त्र, शुक्राचार्यके [illegible] तथा बृहस्पतिके मतका जब लोकमें प्रचार हो जायगा, तब प्रजापालक वसु (राजा उपरिचर) बृहस्पतिजीसे तुम्हारे बनाये हुए इस शास्त्रका अध्ययन करेगा ।४६-४७।

स हि सद्भावितो [illegible] मद्भक्तश्च भविष्यति।
तेन शास्त्रेण लोकेषु क्रियाः सर्वाः करिष्यति॥ ४८ ॥

'सत्पुरुषोंद्वारा सम्मानित वह राजा मेरा बड़ा भक्त होगा और लोकमें उसी शास्त्रके अनुसार सम्पूर्ण कार्य करेगा ॥४८॥

एतद्धि युष्मच्छास्त्राणां शास्त्रमुत्तमसंज्ञितम्।
एतदर्थ्यं च धर्म्यं [illegible] रहस्यं चैतदुत्तमम्॥ ४९ ॥

'तुम्हारा बनाया हुआ यह शास्त्र सब शास्त्रोंसे श्रेष्ठ माना जायगा। यह धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं उत्तम रहस्यमय ग्रन्थ है ॥ ४९ ॥

अस्य प्रवर्तनाच्चैव प्रजावन्तो भविष्यथ।
स च राजश्रिया युक्तो भविष्यति महान् वसुः॥ ५०॥

'इसके प्रचारसे तुम सब लोग संतानवान् होओगे अर्थात् तुम्हारी प्रजाकी वृद्धि होगी तथा राजा उपरिचर भी राजलक्ष्मीसे सम्पन्न एवं महान् पुरुष होगा ॥५०॥

संस्थिते [illegible] नृपे तस्मिञ्शास्त्रमेतत् सनातनम्।
अन्तर्धास्यति तत् सर्वमेतद् वः कथितं [illegible]॥ ५१॥

'उस राजाके दिवंगत होनेके बाद यह सनातन शास्त्र सर्वसाधारणकी दृष्टिसे लुप्त हो जायगा। इसके सम्बन्धमें सारी बातें मैंने तुमलोगोंको [illegible] दीं' ॥ ५१ ॥

एतावदुक्त्वा वचनमदृश्यः पुरुषोत्तमः।
विसृज्य तानृषीन् सर्वान् कामपि प्रस्थितो दिशम्॥५२॥

अदृश्यभावसे ऐसी बात कहकर भगवान् पुरुषोत्तम उन [illegible] ऋषियोंको वहीं छोड़कर किसी अज्ञात दिशाकी ओर चल दिये ॥ ५२ ॥

ततस्ते लोकपितरः सर्वलोकार्थचिन्तकाः।
प्रावर्तयन्त तच्छास्त्रं धर्मयोनिं सनातनम्॥ ५३॥

तत्पश्चात् सम्पूर्ण लोकोंका हितचिन्तन करनेवाले उन लोकपिता प्रजापतियोंने धर्मके मूलभूत उस [illegible] शास्त्रका जगत्‌में प्रचार किया ॥ ५३ ॥

उत्पन्नेऽङ्गिरसे चैव युगे प्रथमकल्पिते।
साङ्गोपनिषदं शास्त्रं स्थापयित्वा बृहस्पतौ॥ ५४॥
जग्मुर्यथेप्सितं देशं तपसे कृतनिश्चयाः।
धारणाः सर्वलोकानां सर्वधर्मप्रवर्तकाः॥ ५५॥

फिर आदिकल्पके प्रारम्भिक युगमें [illegible] बृहस्पतिका प्रादुर्भाव हुआ, तब उन्होंने साङ्गोपाङ्ग वेद और उपनिषदोंसहित वह शास्त्र उनको पढ़ाया। तदनन्तर सब धर्मोंका प्रचार और समस्त लोकोंको धर्ममर्यादाके भीतर स्थापित करनेवाले वे ऋषिगण तपस्याका निश्चय करके अपने अभीष्ट स्थानको चले गये ॥ ५४-५५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीये पञ्चत्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणका महत्त्वविषयक तीन सौ पैंतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३५ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक [illegible] १ श्लोक मिलाकर कुल ५६ श्लोक हैं)

षट्त्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

राजा उपरिचरके यज्ञमें भगवान्‌पर बृहस्पतिका क्रोधित होना, एकत आदि मुनियोंका बृहस्पतिसे श्वेतद्वीप एवं भगवान्‌की महिमाका वर्णन करके उनको शान्त करना

भीष्म उवाच

ततोऽतीते महाकल्पे उत्पन्नेऽङ्गिरसः सुते।
बभूवुर्निर्वृता देवा जाते देवपुरोहिते॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! तदनन्तर बीते हुए महान् कल्पके आरम्भमें [illegible] अङ्गिराके पुत्र बृहस्पति उत्पन्न हुए और देवताओंके पुरोहित बन गये, तब देवताओंको बड़ा संतोष प्राप्त हुआ ॥ १ ॥

बृहद् [illegible] महच्चेति शब्दाः पर्यायवाचकाः।
एभिः समन्वितो राजन् गुणैर्विद्वान् बृहस्पतिः॥ २ ॥

राजन्! बृहत्, [illegible] और महत्—ये तीनों शब्द [illegible] अर्थके वाचक हैं। इन तीनों शब्दोंके गुण देवपुरोहितमें मौजूद थे; इसलिये वे विद्वान् देवगुरु 'बृहस्पति' कहलाते थे॥

तस्य शिष्यो बभूवाग्र्यो राजोपरिचरो वसुः।
अधीतवांस्तदा शास्त्रं सम्यक् चित्रशिखण्डिजम्॥ ३ ॥

उनके श्रेष्ठ शिष्य हुए राजा उपरिचर वसु, जिन्होंने उनसे उन दिनों चित्रशिखण्डियोंके बनाये हुए तन्त्रशास्त्रका विधिवत् [illegible] किया ॥ ३ ॥

स राजा भावितः पूर्वं दैवेन विधिना वसुः ।
पालयामास पृथिवीं दिवमाखण्डलो यथा ॥ [illegible] ॥

वे राजा उपरिचर वसु पहले दैवविधानसे भावित हो इस पृथ्वीका उसी प्रकार पालन करने लगे, जैसे इन्द्र स्वर्गका ॥ ४ ॥

[illegible] यज्ञो महानासीदश्वमेधो महात्मनः ।
बृहस्पतिरुपाध्यायस्तत्र होता बभूव ह ॥ ५ ॥

एक समय उन महात्मा नरेशने महान् अश्वमेध-यज्ञका आयोजन किया । उसमें उनके उपाध्याय बृहस्पति होता हुए ॥ ५ ॥

प्रजापतिसुताश्चात्र सदस्यास्त्वभवंस्त्रयः ।
[illegible] द्वितश्चैव त्रितश्चैव महर्षयः ॥ ६ ॥

प्रजापतिके तीन पुत्र एकत, द्वित और त्रित नामक महर्षि उस यज्ञमें [illegible] हुए ॥ ६ ॥

धनुषाक्षोऽथ रैभ्यश्च अर्वावसुपरावसू ।
ऋषिर्मेधातिथिश्चैव ताण्ड्यश्चैव महानृषिः ॥ ७ ॥
ऋषिः शान्तिर्महाभागस्तथा वेदशिराश्च यः ।
ऋषिश्रेष्ठश्च कपिलः शालिहोत्रपिता स्मृतः ॥ ८ ॥
आद्यः कठस्तैत्तिरिश्च वैशम्पायनपूर्वजः ।
कण्वोऽथ देवहोत्रश्च एते षोडश कीर्तिताः ॥ ९ ॥

इनके सिवा (तेरह सदस्य और थे, जिनके नाम इस प्रकार हैं—) धनुष, रैभ्य, अर्वावसु, परावसु, मुनिवर मेधातिथि, महर्षि ताण्ड्य, महाभाग शान्ति मुनि, वेदशिरा, शालिहोत्रके पिता ऋषिश्रेष्ठ कपिल, आद्यकठ, वैशम्पायनके बड़े भाई तैत्तिरि, कण्व और देवहोत्र । ये कुल मिलाकर सोलह सदस्य बताये गये हैं ॥ ७—९ ॥

सम्भूताः सर्वसम्भारास्तस्मिन् राजन् महाक्रतौ ।
न [illegible] पशुघातोऽभूत् स राजैवं स्थितोऽभवत् ॥ १० ॥

राजन् ! उस महान् यज्ञमें सारे सामान एकत्र किये गये; परंतु उसमें किसी पशुका वध नहीं हुआ । वे राजा उपरिचर इसी भावसे उस यज्ञमें स्थित हुए थे ॥ १० ॥

अहिंस्रः शुचिरक्षुद्रो निराशीः कर्मसंस्तुतः ।
आरण्यकपदोद्भूता भागास्तत्रोपकल्पिताः ॥ ११ ॥

वे हिंसाभावसे रहित, पवित्र, उदार तथा कामनाओंसे रहित थे और इसी भावसे कर्मोंमें प्रवृत्त हुए थे । जंगलमें उत्पन्न हुए फल-मूल आदि पदार्थोंसे ही उस यज्ञमें देवताओंके भाग निश्चित किये गये थे ॥ ११ ॥

प्रीतस्ततोऽस्य भगवान् देवदेवः पुरातनः ।
साक्षात् तं दर्शयामास सोऽदृश्योऽन्येन केनचित् ॥ १२ ॥

उस समय पुराणपुरुष देवाधिदेव भगवान् नारायणने [illegible] होकर राजाको प्रत्यक्ष दर्शन दिया; परंतु दूसरे किसीको उनका दर्शन नहीं हुआ ॥ १२ ॥

स्वयं भागमुपाघ्राय पुरोडाशं गृहीतवान् ।
अदृश्येन हृतो भागो देवेन हरिमेधसा ॥ १३ ॥

भगवान् हयग्रीवने स्वयं अदृश्य रहकर ही अपने लिये अर्पित पुरोडाशको ग्रहण किया और उसे सूँघकर अपने अधीन [illegible] लिया ॥ १३ ॥

बृहस्पतिस्ततः क्रुद्धः स्रुचमुद्यम्य वेगितः ।
आकाशं घ्नन् स्रुचः पातै रोषादश्रूण्यवर्तयत् ॥ १४ ॥

यह देख बृहस्पति क्रोधमें भर गये । उन्होंने बड़े वेगसे स्रुवा उठा लिया और आकाशमें उसे दे मारा । साथ ही वे रोषवश अपने नेत्रोंसे आँसू बहाने लगे ॥ १४ ॥

[illegible] चोपरिचरं मया भागोऽयमुद्यतः ।
ग्राह्यः स्वयं हि देवेन मत्प्रत्यक्षं न संशयः ॥ १५ ॥

फिर वे राजा उपरिचरसे बोले—'मैंने जो यह भाग प्रस्तुत किया है, उसे भगवान्‌को मेरी आँखोंके सामने प्रकट होकर ग्रहण करना चाहिये, यही [illegible] है, इसमें संशय नहीं है' ॥ १५ ॥

युधिष्ठिर उवाच

[illegible] यज्ञभागा हि साक्षात् प्राप्ताः सुरैरिह ।
किमर्थमिह [illegible] प्राप्तो दर्शनं स हरिर्विभुः ॥ १६ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह ! जब सभी देवताओंने [illegible] दर्शन देकर अपने-अपने भाग ग्रहण किये, तब भगवान् विष्णुने [illegible] यज्ञमें पधारकर भी क्यों प्रत्यक्ष दर्शन नहीं दिया ? ॥ १६ ॥

भीष्म उवाच

ततः [illegible] तं समुद्धूतं भूमिपालो महान् वसुः ।
प्रसादयामास मुनिं सदस्यास्ते [illegible] सर्वशः ॥ १७ ॥

भीष्मजीने कहा—युधिष्ठिर ! इसका कारण बताता हूँ, सुनो । वे महान् भूपाल वसु तथा अन्य सम्पूर्ण सदस्य मिलकर [illegible] समय रोषमें भरे [illegible]ए मुनि बृहस्पतिको मनाने लगे ॥ १७ ॥

ऊचुश्चैनमसम्भ्रान्ता न रोषं कर्तुमर्हसि ।
नैष धर्मः कृतयुगे यस्त्वं रोषमचीकृथाः ॥ १८ ॥

[illegible] लोग शान्तचित्त होकर उनसे बोले—'मुने ! आप रोष न करें । आपने जो रोष किया है, यह सत्ययुगका धर्म नहीं है ॥ १८ ॥

अरोषणो ह्यसौ देवो यस्य भागोऽयमुद्यतः ।
न शक्यः स त्वया द्रष्टुमस्माभिर्वा बृहस्पते ॥ १९ ॥
यस्य प्रसादं कुरुते स वै तं द्रष्टुमर्हति ।

'बृहस्पते ! जिनको यह भाग समर्पित किया गया है, वे भगवान् क[illegible] क्रोध नहीं करते हैं । हम और आप उन्हें स्वेच्छासे नहीं देख सकते हैं । जिसपर वे [illegible] करते हैं, वही उनका दर्शन कर पाता है' ॥ १९½ ॥

एकतद्वितत्रिताश्चोचुस्ततश्चित्रशिखण्डिनः ॥ २० ॥
वयं हि ब्रह्मणः पुत्रा मानसाः परिकीर्तिताः ।
गता निःश्रेयसार्थं हि कदाचिद् दिशमुत्तराम् ॥ २१ ॥

तदनन्तर एकत, द्वित और त्रितने तथा चित्रशिखण्डी नामवाले ऋषियोंने उनसे कहा—'बृहस्पते ! हमलोग ब्रह्माजीके मानसपुत्र कहलाते हैं । एक बार अपने कल्याणकी इच्छासे हम सबने उत्तर दिशाकी यात्रा की ॥ २०-२१ ॥

तप्त्वा वर्षसहस्राणि चरित्वा तप उत्तमम् ।
एकपादाः स्थिताः सम्यक् काष्ठभूताः समाहिताः॥२२॥
मेरोरुत्तरभागे तु क्षीरोदस्यानुकूलतः ।
स देशो यत्र नस्तप्तं तपः परमदारुणम् ॥ २३ ॥
कथं पश्येम हि वयं देवं नारायणात्मकम् ।
वरेण्यं वरदं तं वै देवदेवं सनातनम् ॥ २४ ॥

'वहाँ मेरुके उत्तर और क्षीरसागरके किनारे एक पवित्र स्थान है, जहाँ हमलोगोंने हजार वर्षोंतक एकाग्रचित्त हो काष्ठकी भाँति एक पैरसे खड़े होकर बड़ी कठोर तपस्या की थी । वह उत्तम तपस्या करके हम यही चाहते थे कि किसी तरह वरदायक सनातन देवाधिदेव वरणीय भगवान् नारायणका दर्शन कर लें ॥ २२—२४ ॥

कथं पश्येम हि वयं देवं नारायणं त्विति ।
अथ व्रतस्यावभृथे वागुवाचाशरीरिणी ॥ २५ ॥
स्निग्धगम्भीरया वाचा प्रहर्षणकरी विभो ।

'हम बारंबार यही सोचते थे कि हमें श्रीनारायणदेवका दर्शन कैसे प्राप्त होगा ? तदनन्तर व्रतकी समाप्ति होनेपर हमें हर्ष प्रदान करनेवाली किसी शरीररहित वाणीने स्नेहपूर्ण गम्भीर स्वरसे इस प्रकार कहा—॥ २५½ ॥

सुतप्तं वस्तपो विप्राः प्रसन्नेनान्तरात्मना ॥ २६ ॥
यूयं जिज्ञासवो भक्ताः कथं द्रक्ष्यथ तं विभुम् ।

'ब्राह्मणो ! तुमने प्रसन्न हृदयसे भलीभाँति तप किया है । तुम भगवान्‌के भक्त हो और यह जानना चाहते हो कि उन सर्वव्यापी परमात्माका दर्शन कैसे हो ? ॥ २६½ ॥

क्षीरोदधेरुत्तरतः श्वेतद्वीपो महाप्रभः ॥ २७ ॥
तत्र नारायणपरा मानवाश्चन्द्रवर्चसः ।

'इसका उपाय सुनो । क्षीरसागरके उत्तरभागमें अत्यन्त प्रकाशमान श्वेतद्वीप है । वहाँ भगवान् नारायणका भजन करनेवाले पुरुष रहते हैं, जो चन्द्रमाके समान कान्तिमान् हैं ॥ २७½ ॥

एकान्तभावोपगतास्ते भक्ताः पुरुषोत्तमम् ॥ २८ ॥
ते सहस्रार्चिषं देवं प्रविशन्ति सनातनम् ।
अनिन्द्रिया निराहारा अनिष्पन्दाः सुगन्धिनः ॥ २९ ॥

'वे स्थूल इन्द्रियोंसे रहित, निराहार और निश्चेष्ट होते हैं । उनके शरीरसे मनोहर सुगन्ध निकलती रहती है तथा वे भगवान्‌के अनन्य भक्त होते हैं और सहस्रों किरणोंवाले उन सनातनदेव भगवान् पुरुषोत्तममें प्रवेश कर जाते हैं ॥ २८-२९ ॥

एकान्तिनस्ते पुरुषाः श्वेतद्वीपनिवासिनः ।
गच्छध्वं तत्र मुनयस्तत्रात्मा मे प्रकाशितः ॥ ३० ॥

'मुनियो ! वे श्वेतद्वीपके निवासी मेरे एकान्त भक्त हैं, तुम वहीं जाओ । वहाँ मेरे स्वरूपका प्रत्यक्ष दर्शन होता है' ॥३०॥

अथ श्रुत्वा वयं सर्वे वाचं तामशरीरिणीम् ।
यथाख्यातेन मार्गेण तं देशं प्रतिपेदिरे ॥ ३१ ॥

'इस आकाशवाणीको सुनकर हमलोग उसके बताये हुए मार्गसे उस स्थानको गये ॥ ३१ ॥

प्राप्य श्वेतं महाद्वीपं तच्चित्तास्तद्दिदृक्षवः ।
ततोऽस्मद्दृष्टिविषयस्तदा प्रतिहतोऽभवत् ॥ ३२ ॥

'श्वेतनामक महाद्वीपमें पहुँचकर हमारा चित्त भगवान्‌में ही लगा रहा । हम उनके दर्शनकी इच्छासे उत्कण्ठित हो रहे थे । वहाँ जाते ही हमारी दृष्टिशक्ति प्रतिहत हो गयी ॥

न च पश्याम पुरुषं तत्तेजोहृतदर्शनाः ।
ततो नः प्रादुरभवद् विज्ञानं देवयोगजम् ॥ ३३ ॥
न किलातप्ततपसा शक्यते द्रष्टुमञ्जसा ।

'वहाँके निवासियोंके तेजसे आँखें चौंधिया जानेके कारण हम वहाँ किसी पुरुषको देख नहीं पाते थे । तदनन्तर दैव-योगसे हमारे हृदयमें यह ज्ञान प्रकट हुआ कि तपस्या किये बिना हमलोग भगवान्‌को सुगमतापूर्वक नहीं देख सकते ॥

ततः पुनर्वर्षशतं तप्त्वा तात्कालिकं महत् ॥ ३४ ॥
व्रतावसाने च शुभान् नरान् ददृशिरे वयम् ।
श्वेतांश्चन्द्रप्रतीकाशान् सर्वलक्षणलक्षितान् ॥ ३५ ॥

'तदनन्तर हमने तत्काल पुनः सौ वर्षोंतक बड़ी भारी तपस्या की । उस तपोमय व्रतके पूर्ण होनेपर हमलोगोंको वहाँके शुभलक्षण पुरुषोंका दर्शन हुआ, जो चन्द्रमाके समान गौरवर्ण और सब प्रकारके उत्तम लक्षणोंसे सम्पन्न थे ॥ ३४-३५ ॥

नित्याञ्जलिकृतान् ब्रह्म जपतः प्रागुदङ्मुखान् ।
मानसो नाम स जपो जप्यते तैर्महात्मभिः ॥ ३६ ॥

'वे प्रतिदिन ईशानकोणकी ओर मुँह करके हाथ जोड़े हुए ब्रह्मका मानसजप करते थे ॥ ३६ ॥

तेनैकाग्रमनस्त्वेन प्रीतो भवति वै हरिः ।
याभवन्मुनिशार्दूल भाः सूर्यस्य युगक्षये ॥ ३७ ॥
एकैकस्य प्रभा तादृक् साभवन्मानवस्य ह ।

'उनके मनकी इस एकाग्रतासे भगवान् श्रीहरि प्रसन्न होते थे । मुनिश्रेष्ठ ! प्रलयकालमें सूर्यकी जैसी प्रभा होती है, वैसी ही उस द्वीपमें रहनेवाले प्रत्येक पुरुषकी थी ॥ ३७½ ॥

तेजोनिवासः स द्वीप इति वै मेनिरे वयम् ॥ ३८ ॥
न तत्राभ्यधिकः कश्चित् सर्वे ते समतेजसः ।

'हमलोगोंने तो यही समझा कि यह द्वीप तेजका ही निवासस्थान है । वहाँ कोई किसीसे बढ़कर नहीं था । सबका तेज समान था ॥ ३८½ ॥

[illegible] सूर्यसहस्रस्य प्रभां युगपदुत्थिताम् ॥ ३९ ॥
सहसा [illegible] [illegible] पुनरेव बृहस्पते ।

'बृहस्पते ! थोड़ी ही देरमें हमारे सामने एक ही साथ हजारों सूर्योंके समान [illegible] प्रकट हुई । हमारी दृष्टि सहसा [illegible] ओर खिंच गयी ॥ ३९½ ॥

सहिताश्चाभ्यधावन्त ततस्ते [illegible] द्रुतम् ॥ ४० ॥
कृताञ्जलिपुटा [illegible] नम इत्येव वादिनः ।

'तदनन्तर वहाँके निवासी पुरुष बड़ी प्रसन्नताके साथ दोनों हाथ जोड़े 'नमो नमः' कहते हुए एक ही साथ तीव्र गतिसे उस तेजकी ओर दौड़े ॥ ४०½ ॥

ततो [illegible] वदतां तेषामश्रौष्म विपुलं ध्वनिम् ॥ ४१ ॥
बलिः किलोपह्रियते [illegible] देवस्य तैर्नरैः ।

'इसके बाद जब वे स्तुति करने लगे, तब उनकी तुमुल ध्वनि हमारे कानोंमें पड़ी । वे सब लोग उन तेजोमय भगवान्‌को पूजाकी सामग्री अर्पण कर रहे [illegible] ॥ ४१½ ॥

वयं [illegible] तेजसा [illegible] [illegible] हृतचेतसः ॥ ४२ ॥
[illegible] किंचिदपि पश्यामो हतचक्षुर्बलेन्द्रियाः ।

'भगवान्‌के उस अनिर्वचनीय तेजने हमारे चित्तको [illegible] खींच लिया था; परंतु हमारे नेत्र, बल और इन्द्रियाँ प्रतिहत हो गयी थीं, इसलिये हम स्पष्ट रूपसे [illegible] देख नहीं पाते थे ॥

एकस्तु शब्दो विततः श्रुतोऽस्माभिरुदीरितः ॥ ४३ ॥
जितं ते पुण्डरीकाक्ष नमस्ते विश्वभावन ।
नमस्तेऽस्तु हृषीकेश महापुरुषपूर्वज ॥ ४४ ॥

'परन्तु एक शब्द जो उच्चस्वरसे उच्चारित होकर दूरतक फैल रहा था, हमने भी सुना । [illegible] लोग कह रहे थे—'पुण्डरीकाक्ष ! आपकी जय हो । विश्वभावन ! आपको प्रणाम है । महापुरुषोंके भी पूर्वज हृषीकेश ! आपको नमस्कार है' ॥

इति शब्दः श्रुतोऽस्माभिः शिक्षाक्षरसमन्वितः ।
एतस्मिन्नन्तरे वायुः सर्वगन्धवहः शुचिः ॥ ४५ ॥
दिव्यान्युवाह पुष्पाणि कर्मण्याश्चौषधीस्तथा ।
तैरिष्टः पञ्चकालज्ञैर्हरिरेकान्तिभिर्नरैः ॥ ४६ ॥
भक्त्या [illegible] युक्तैर्मनोवाक्कर्मभिस्तदा ।

'शिक्षा और अक्षरसे [illegible] [illegible] वाक्य हमलोगोंको श्रवणगोचर हुआ । इतनेहीमें पवित्र और सुगन्धित वायु बहुत-से दिव्य पुष्प और कार्योपयोगी ओषधियाँ [illegible] आयी, जिनसे वहाँके पञ्चकालवेत्ता अनन्य भक्तोंने बड़ी भक्तिके साथ मन, वाणी और क्रियाद्वारा उन श्रीहरिका पूजन किया ॥४५-४६½॥

नूनं तत्रागतो देवो यथा तैर्वागुदीरिता ॥ ४७ ॥
वयं त्वेनं न पश्यामो मोहितास्तस्य मायया ।

'जैसी बातचीत उन्होंने की थी, उससे हमें विश्वास हो [illegible] था कि निश्चय [illegible] यहाँ भगवान् पधारे हुए हैं, परंतु उन्हींकी मायासे मोहित होनेके कारण हम उन्हें देख नहीं पाते थे ॥ ४७½ ॥

मारुते संनिवृत्ते च बलौ [illegible] प्रतिपादिते ॥ ४८ ॥
चिन्ताव्याकुलितात्मानो जाताः स्मोऽङ्गिरसां वर ।

'बृहस्पते ! जब उस सुगन्धित वायुका चलना बंद हो [illegible] और भगवान्‌को बलिसमर्पणका कार्य पूर्ण हो गया, [illegible] हमलोग मन-ही-मन चिन्तासे व्याकुल हो उठे ॥४८½॥

मानवानां सहस्रेषु तेषु [illegible] शुद्धयोनिषु ॥ ४९ ॥
[illegible] न कश्चिन्मनसा चक्षुषा वाप्यपूजयत् ।

'वहाँ शुद्ध कुलवाले सहस्रों पुरुष थे; परंतु उनमेंसे किसीने मनसे [illegible] दृष्टिपातद्वारा भी हमलोगोंका सत्कार नहीं किया ॥ ४९½ ॥

तेऽपि स्वस्था मुनिगणा एकभावमनुव्रताः ॥ ५० ॥
नास्मासु दधिरे भावं ब्रह्मभावमनुष्ठिताः ।

'वहाँ जो [illegible] मुनिगण थे, वे भी अनन्य भावसे भगवान्‌[illegible] भजनमें ही मन लगाये रहते थे । उन ब्रह्मभावमें स्थित मुनियोंने हमलोगोंकी ओर ध्यान नहीं दिया ॥५०½॥

ततोऽस्मान् सुपरिश्रान्तांस्तपसा चातिकर्शितान् ॥ ५१ ॥
[illegible] स्वस्थं किमपि भूतं तत्राशरीरकम् ।

'हमलोग तपस्यासे थककर अत्यन्त दुर्बल हो गये थे । [illegible] [illegible] हमलोगोंसे किसी शरीररहित स्वस्थ प्राणी (देवता) ने [illegible] ॥ ५१½ ॥

देव उवाच

दृष्टा वः पुरुषाः श्वेताः सर्वेन्द्रियविवर्जिताः ॥ ५२ ॥
दृष्टो भवति देवेश एभिर्दृष्टैर्द्विजोत्तमैः ।

देवता बोले—मुनिवरो ! तुमलोगोंने श्वेतद्वीपनिवासी श्वेतकाय इन्द्रियरहित पुरुषोंका दर्शन किया । इन श्रेष्ठ द्विजोंके दर्शन होनेसे साक्षात् देवेश्वर भगवान्‌का ही दर्शन हो जाता है ॥ ५२½ ॥

गच्छध्वं मुनयः सर्वे यथागतमितोऽचिरात् [illegible] ५३ ॥
[illegible] स शक्यस्त्वभक्तेन द्रष्टुं देवः कथंचन ।

मुनियो ! तुम सब लोग जैसे आये हो, वैसे ही शीघ्र लौट जाओ । भगवान्‌में अनन्य भक्ति हुए बिना किसीको किसी तरह भी उनका साक्षात् दर्शन नहीं हो [illegible] ॥ ५३½ ॥

कामं कालेन [illegible] एकान्तित्वमुपागतैः ॥ ५४ ॥
शक्यो द्रष्टुं स भगवान् प्रभामण्डलदुर्दृशः ।

हाँ, बहुत समयतक उनकी भक्ति करते-करते जब पूरी अनन्यता आ जायगी, [illegible] ज्योतिःपुञ्जके कारण कठिनतासे देखे जानेवाले भगवान्‌का दर्शन सम्भव हो [illegible] है ॥ ५४½ ॥

महत् कार्यं च कर्तव्यं युष्माभिर्द्विजसत्तमाः ॥ ५५ ॥
इतः कृतयुगेऽतीते विपर्यासं गतेऽपि च ।
वैवस्वतेऽन्तरे विप्राः प्राप्ते त्रेतायुगे पुनः ॥ ५६ ॥
सुराणां कार्यसिद्ध्यर्थं सहाया [illegible] भविष्यथ ।

विप्रवरो ! [illegible] [illegible] तुम्हें अभी बहुत बड़ा [illegible]

करना है। इस सत्ययुगके बीतनेपर जब धर्ममें किञ्चित् व्यतिक्रम आ जायगा और वैवस्वत मन्वन्तरके त्रेतायुगका आरम्भ होगा, उस समय देवताओंके कार्यकी सिद्धिके लिये तुमलोग ही सहायक होगे ॥ ५५-५६½ ॥

ततस्तदद्भुतं वाक्यं निशम्यैवामृतोपमम् ॥ ५७ ॥
[illegible] प्रसादात् प्राप्ताः स्मो देशमीप्सितमञ्जसा ।

'यह अमृतके समान मधुर एवं अद्भुत वचन सुनकर हमलोग भगवान्‌की कृपासे अनायास ही अपने अभीष्ट स्थानपर आ पहुँचे ॥ ५७½ ॥

एवं सुतपसा चैव हव्यकव्यैस्तथैव च ॥ ५८ ॥
देवोऽस्माभिर्न दृष्टः स कथं त्वं द्रष्टुमर्हसि ।

'बृहस्पते! इस प्रकार हमने बड़ी भारी तपस्या की, हव्य-कव्योंके द्वारा भगवान्‌का पूजन भी किया, तो भी हमें उनका दर्शन न हो सका। फिर तुम कैसे अनायास ही उनका दर्शन पा लोगे? ॥ ५८½ ॥

नारायणो महद्भूतं विश्वसृग्घव्यकव्यभुक् ॥ ५९ ॥
अनादिनिधनोऽव्यक्तो देवदानवपूजितः ।

'भगवान् नारायण सबसे महान् देवता हैं। वे ही संसारके स्रष्टा और हव्य-कव्यके भोक्ता हैं। उनका आदि और अन्त नहीं है। उन अव्यक्त परमेश्वरकी देवता और दानव भी पूजा करते हैं' ॥ ५९½ ॥

एवमेकतवाक्येन द्वितत्रितमतेन [illegible] ॥ ६० ॥
अनुनीतः सदस्यैश्च बृहस्पतिरुदारधीः ।
समापयत् ततो यज्ञं दैवतं समपूजयत् ॥ ६१ ॥

इस प्रकार एकतके कहनेसे, द्वित और त्रितकी सम्मतिसे [illegible] अन्य सदस्योंद्वारा अनुनय किये जानेसे उदारबुद्धि बृहस्पतिने उस यज्ञको समाप्त किया और भगवान्‌की पूजा की ॥ ६०-६१ ॥

समाप्तयज्ञो राजापि प्रजां पालितवान् वसुः ।
ब्रह्मशापाद् दिवो भ्रष्टः प्रविवेश महीं ततः ॥ ६२ ॥

राजा वसु भी [illegible] पूरा करके प्रजाका पालन करने लगे। एक बार ब्रह्मशापसे उन्हें स्वर्गसे [illegible] होना पड़ा था। उस समय वे पृथ्वीके भीतर रसातलमें समा गये थे ॥ ६२ ॥

स राजा राजशार्दूल सत्यधर्मपरायणः ।
अन्तर्भूमिगतश्चैव सततं धर्मवत्सलः ॥ ६३ ॥
नारायणपरो भूत्वा नारायणजपं जपन् ।
तस्यैव च प्रसादेन पुनरेवोत्थितस्तु सः ॥ ६४ ॥
महीतलाद् गतः स्थानं ब्रह्मणः समनन्तरम् ।
परां गतिमनुप्राप्त इति नैष्ठिकमञ्जसा ॥ ६५ ॥

नृपश्रेष्ठ! सदा धर्मपर अनुराग रखनेवाले सत्यधर्मपरायण राजा उपरिचर भूमिके भीतर प्रवेश करके भी निरन्तर नारायण-मन्त्रका जप करते हुए भी उन्हींकी आराधनामें तत्पर रहते थे। अतः उन्हींकी कृपासे वे पुनः ऊपरको उठे और भूतलसे ब्रह्मलोकमें जाकर उन्होंने परम गति प्राप्त कर ली। अनायास ही उन्हें निष्ठावानोंकी यह उत्तम गति प्राप्त हो गयी ॥ ६३—६५ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीये षट्‌त्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणकी महत्ताका वर्णनविषयक तीन सौ छत्तीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३६ ॥

सप्तत्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

यज्ञमें आहुतिके लिये अजका अर्थ अन्न है, [illegible] नहीं—इस बातको जानते हुए भी पक्षपात करनेके कारण राजा उपरिचरके अधःपतनकी और भगवत्कृपासे उनके पुनरुत्थानकी कथा

युधिष्ठिर उवाच

यदा भागवतोऽत्यर्थमासीद् राजा महान् वसुः ।
किमर्थं [illegible] परिभ्रष्टो विवेश विवरं भुवः ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने पूछा—पितामह! राजा वसु [illegible] भगवान्‌के अत्यन्त भक्त और महान् पुरुष थे, तब वे स्वर्गसे भ्रष्ट होकर पातालमें कैसे प्रविष्ट हुए? ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
ऋषीणां चैव संवादं त्रिदशानां च भारत ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—भरतनन्दन! इस विषयमें ज्ञानीजन ऋषियों और देवताओंके संवादरूप इस प्राचीन इतिहासको उद्धृत किया करते हैं— ॥ २ ॥

अजेन यष्टव्यमिति प्राहुर्देवा द्विजोत्तमान् ।
स च च्छागोऽप्यजो ज्ञेयो नान्यः पशुरिति स्थितिः ॥ ३ ॥

'अजके द्वारा यज्ञ करना चाहिये—ऐसा विधान है।' ऐसा कहकर देवताओंने वहाँ आये हुए सभी श्रेष्ठ ब्रह्मर्षियोंसे कहा, 'यहाँ अजका अर्थ बकरा समझना चाहिये, दूसरा पशु नहीं, ऐसा निश्चय है' ॥ [illegible] ॥

ऋषय ऊचुः

बीजैर्यज्ञेषु यष्टव्यमिति वै वैदिकी श्रुतिः ।
अजसंज्ञानि बीजानि च्छागं नो हन्तुमर्हथ ॥ ४ ॥

ऋषियोंने कहा—देवताओ! यज्ञोंमें बीजोंद्वारा यजन करना चाहिये, ऐसी वैदिकी श्रुति है। बीजोंका ही नाम अज है; अतः बकरेका वध करना हमें उचित नहीं है ॥ ४ ॥

नैष धर्मः सतां देवा यत्र वध्येत वै पशुः।
इदं कृतयुगं श्रेष्ठं कथं वध्येत वै पशुः॥ ५ ॥

देवताओ ! जहाँ कहीं भी यज्ञमें पशुका वध हो, वह सत्पुरुषोंका धर्म नहीं है। यह श्रेष्ठ सत्ययुग चल रहा है। इसमें पशुका वध [illegible] किया [illegible] [illegible] है ? ॥ ५ ॥

भीष्म उवाच

तेषां संवदतामेवमृषीणां विबुधैः सह।
मार्गागतो नृपश्रेष्ठस्तं देशं प्राप्तवान् वसुः॥ ६ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! इस प्रकार [illegible] ऋषियोंका देवताओंके साथ [illegible] चल रहा था, उसी समय नृपश्रेष्ठ वसु भी [illegible] मार्गसे आ निकले और [illegible] स्थानपर पहुँच गये ॥ ६ ॥

अन्तरिक्षचरः श्रीमान् समग्रबलवाहनः।
[illegible] दृष्ट्वा सहसाऽऽयान्तं वसुं ते त्वन्तरिक्षगम्॥ ७ ॥
ऊचुर्द्विजातयो देवानेष छेत्स्यति संशयम्।
[illegible] दानपतिः श्रेष्ठः सर्वभूतहितप्रियः॥ ८ ॥

श्रीमान् राजा उपरिचर अपनी सेना और वाहनोंके [illegible] आकाशमार्गसे चलते थे। उन अन्तरिक्षचारी वसुको सहसा आते देख ब्रह्मर्षियोंने देवताओंसे कहा—'ये नरेश हमलोगोंका संदेह दूर कर देंगे; क्योंकि ये यज्ञ करनेवाले, दानपति, श्रेष्ठ [illegible] सम्पूर्ण भूतोंके हितैषी एवं प्रिय हैं ॥ ७-८ ॥

कथंस्विदन्यथा ब्रूयादेष वाक्यं महान् वसुः।
एवं ते संविदं कृत्वा विबुधा ऋषयस्तथा॥ ९ ॥
अपृच्छन् सहिताभ्येत्य वसुं राजानमन्तिकात्।

'ये महान् पुरुष वसु शास्त्रके विपरीत वचन कैसे कह सकते हैं।' ऐसी सम्मति करके देवताओं और ऋषियोंने एक [illegible] [illegible] वसुके पास [illegible] अपना प्रश्न उपस्थित किया—॥ ९½ ॥

रो राजन् केन यष्टव्यमजेनाहोस्विदौषधैः॥ १० ॥
[illegible] संशयं छिन्धि प्रमाणं नो भवान् [illegible]।

'राजन् ! किसके द्वारा यज्ञ करना चाहिये ? बकरेके द्वारा अथवा अन्नद्वारा ? हमारे इस संदेहका आप निवारण करें। हमलोगोंकी रायमें आप ही प्रामाणिक व्यक्ति ' ॥ १०½ ॥

स तान् कृताञ्जलिर्भूत्वा परिपप्रच्छ वै वसुः॥ ११ ॥
कस्य वै को [illegible] कामो ब्रूत सत्यं द्विजोत्तमाः।

[illegible] राजा वसुने हाथ जोड़कर उन सबसे पूछा—'विप्रवरो ! आपलोग सच-सच बताइये, आपलोगोंमेंसे किसको कौन-सा मत अभीष्ट है ? कौन अजका अर्थ बकरा [illegible] है और कौन अन्न ?' ॥ ११½ ॥

[illegible] ऊचुः

धान्यैर्यष्टव्यमित्येव पक्षोऽस्माकं नराधिप॥ १२ ॥
देवानां तु पशुः पक्षो मतो राजन् वदस्व नः।

ऋषि बोले—नरेश्वर ! हमलोगोंका [illegible] यह है कि अन्नसे यज्ञ करना चाहिये तथा देवताओंका पक्ष यह है कि छाग नामक पशुके द्वारा [illegible] होना चाहिये। राजन् ! [illegible] आप हमें अपना निर्णय बताइये ॥ १२½ ॥

भीष्म उवाच

देवानां तु मतं [illegible] वसुना [illegible] संश्रयात्॥ १३ ॥
छागेनाजेन यष्टव्यमेवमुक्तं वचस्तदा।

भीष्मजी कहते हैं—राजन् ! देवताओंका [illegible] जानकर राजा वसुने उन्हींका [illegible] लेकर कह दिया कि अजका अर्थ है, [illegible] (बकरा); अतः उसीके [illegible] [illegible] करना चाहिये ॥ १३½ ॥

कुपितास्ते [illegible] सर्वे मुनयः सूर्यवर्चसः॥ १४ ॥
ऊचुर्वसुं विमानस्थं देवपक्षार्थवादिनम्।

यह सुनकर [illegible] सभी सूर्यके समान तेजस्वी ऋषि कुपित हो उठे और विमानपर बैठकर देवपक्षकी बात कहनेवाले वसुसे बोले—॥ १४½ ॥

सुरपक्षो गृहीतस्ते यस्मात् तस्माद् दिवः पत॥ १५ ॥
अद्यप्रभृति ते राजन्नाकाशे विहता गतिः।
अस्मच्छापाभिघातेन महीं भित्त्वा प्रवेक्ष्यसि॥ १६ ॥

'राजन् ! तुमने यह [illegible] भी कि अजका अर्थ अज है, देवताओंका [illegible] लिया है; इसलिये स्वर्गसे नीचे गिर जाओ। आजसे तुम्हारी आकाशमें विचरनेकी शक्ति नष्ट हो गयी। हमारे शापके आघातसे तुम पृथ्वीको भेदकर पातालमें प्रवेश करोगे ॥ १५-१६ ॥

(विरुद्धं वेदसूत्राणामुक्तं यदि भवेन्नृप।
वयं विरुद्धवचना यदि [illegible] पतामहे॥)

'नरेश्वर ! तुमने यदि वेद और सूत्रोंके विरुद्ध कहा हो तो हमारा यह शाप अवश्य लागू हो और यदि हम शास्त्रविरुद्ध [illegible] कहते हों तो हमारा पतन हो जाय' ॥

ततस्तस्मिन् मुहूर्तेऽथ राजोपरिचरस्तदा।
अधो [illegible] सम्बभूवाशु भूमेर्विवरगो नृप॥ १७ ॥

राजन् ! ऋषियोंके इतना कहते ही उसी क्षण राजा उपरिचर आकाशसे नीचे आ गये और तत्काल पृथ्वीके विवरमें प्रवेश कर गये ॥ १७ ॥

स्मृतिस्त्वेनं न हि जहौ [illegible] नारायणाज्ञया।
देवास्तु सहिताः सर्वे वसोः शापविमोक्षणम्॥ १८ ॥
चिन्तयामासुरव्यग्राः सुकृतं हि [illegible] तत्।
अनेनास्मत्कृते राज्ञा शापः प्राप्तो [illegible]॥ १९ ॥

उस समय भी भगवान् नारायणकी आज्ञासे उनकी स्मरणशक्ति उन्हें छोड़ न सकी। इधर सब देवता एकत्र होकर राजाको शापसे छुटकारा दिलानेका उपाय सोचने लगे। वे शान्तभावसे परस्पर बोले—'राजाने तो पुण्य-ही-

पुण्य किया है। उन महात्मा नरेशको हमारे कारणसे ही यह शाप प्राप्त हुआ है ॥ १८-१९ ॥

अस्य प्रतिप्रियं कार्यं सहितैर्नो दिवौकसः।
इति बुद्ध्या व्यवस्याशु गत्वा निश्चयमीश्वराः ॥ २० ॥
ऊचुः संहृष्टमनसो राजोपरिचरं तदा।

'देवताओ! हमलोगोंको एक साथ होकर उनका अतिशय प्रिय करना चाहिये।' अपनी बुद्धिके द्वारा ऐसा निश्चय करके वे सभी देवता राजा उपरिचर वसुके पास जाकर प्रसन्नचित्त हो बोले—॥ २०½ ॥

ब्रह्मण्यदेवभक्तस्त्वं सुरासुरगुरुर्हरिः ॥ २१ ॥
कामं स तव तुष्टात्मा कुर्याच्छापविमोक्षणम्।

'राजन्! तुम ब्रह्मण्यदेव भगवान् विष्णुके भक्त हो और वे श्रीहरि देवता तथा असुर सबके गुरु हैं। उनका मन तुमपर संतुष्ट है; इसलिये वे तुम्हारी इच्छाके अनुसार तुम्हें अवश्य शापसे मुक्त कर देंगे ॥ २१½ ॥

माननं तु द्विजातीनां कर्तव्यं वै महात्मनाम् ॥ २२ ॥
अवश्यं तपसा तेषां फलितव्यं नृपोत्तम।
यतस्त्वं सहसा भ्रष्ट आकाशान्मेदिनीतलम् ॥ २३ ॥

'नृपश्रेष्ठ! तुम्हें महात्मा ब्राह्मणोंका सदा ही समादर करना चाहिये। अवश्य ही यह उनकी तपस्याका फल है; जिससे तुम आकाशसे सहसा भ्रष्ट होकर पातालमें चले आये हो ॥ २२-२३ ॥

एकं त्वनुग्रहं तुभ्यं दद्मो वै नृपसत्तम।
यावत् त्वं शापदोषेण कालमासिष्यसेऽनघ ॥ २४ ॥
भूमेर्विवरगो भूत्वा तावत् त्वं कालमाप्स्यसि।
यज्ञेषु सुहुतां विप्रैर्वसोर्धारां समाहितैः ॥ २५ ॥

'निष्पाप नृपशिरोमणे! हम तुम्हें अपना एक अनुग्रह प्रदान करते हैं। तुम शापदोषके कारण जबतक—जितने समयतक पृथ्वीके विवरमें रहोगे, तबतक एकाग्रचित्त ब्राह्मणोंद्वारा यज्ञोंमें दी हुई वसुधाराकी आहुति तुम्हें प्राप्त होती रहेगी ॥ २४-२५ ॥

प्राप्स्यसेऽस्मदनुध्यानान्मा च त्वां ग्लानिरस्पृशत्।
न क्षुत्पिपासे राजेन्द्र भूमेश्छिद्रे भविष्यतः ॥ २६ ॥
वसोर्धाराभिपीतत्वात् तेजसाऽऽप्यायितेन च।
स देवोऽस्मद्वरात् प्रीतो ब्रह्मलोकं हि नेष्यति ॥ २७ ॥

'राजेन्द्र! हमारे चिन्तनसे तुम्हें वसुधाराकी प्राप्ति होगी, जिससे ग्लानि तुम्हारा स्पर्श नहीं कर सकेगी और इस पातालमें रहते हुए भी तुम्हें भूख और प्यासका कष्ट नहीं होगा; क्योंकि वसुधाराका पान करनेसे तुम्हारे तेजकी वृद्धि होती रहेगी। हमारे वरदानसे भगवान् श्रीहरि प्रसन्न हो तुम्हें ब्रह्मलोकमें ले जायँगे' ॥ २६-२७ ॥

एवं दत्त्वा वरं राज्ञे सर्वे ते च दिवौकसः।
गताः स्वभवनं देवा ऋषयश्च तपोधनाः ॥ २८ ॥

इस प्रकार राजाको वरदान देकर वे सब देवता तथा तपोधन ऋषि अपने-अपने स्थानको चले गये ॥ २८ ॥

चक्रे वसुस्ततः पूजां विष्वक्सेनाय भारत।
जप्यं जगौ च सततं नारायणमुखोद्गतम् ॥ २९ ॥

भारत! तदनन्तर वसुने भगवान् विष्वक्सेनकी पूजा आरम्भ की और भगवान् नारायणके मुखसे प्रकट हुए जपनीय मन्त्र (ॐ नमो नारायणाय) का निरन्तर जप करने लगे ॥ २९ ॥

तत्रापि पञ्चभिर्यज्ञैः पञ्चकालानरिंदम।
अयजद्धरिं सुरपतिं भूमेर्विवरगोऽपि सन् ॥ ३० ॥

शत्रुदमन युधिष्ठिर! वहाँ पातालके विवरमें रहते हुए भी राजा उपरिचर पाँच समय पाँच यज्ञोंद्वारा देवेश्वर श्रीहरिकी आराधना करते थे ॥ ३० ॥

ततोऽस्य तुष्टो भगवान् भक्त्या नारायणो हरिः।
अनन्यभक्तस्य सतस्तत्परस्य जितात्मनः ॥ ३१ ॥

उन्होंने अपने मनको जीत लिया था और वे सदा भगवान्‌के भजनमें ही लगे रहते थे। अपने उस अनन्य भक्तकी भक्तिसे भगवान् श्रीनारायण हरि बहुत संतुष्ट हुए ॥ ३१ ॥

वरदो भगवान् विष्णुः समीपस्थं द्विजोत्तमम्।
गरुत्मन्तं महावेगमाबभाषेप्सितं तदा ॥ ३२ ॥

फिर उन वरदायक भगवान् विष्णुने अपने पास ही खड़े हुए महान् वेगशाली पक्षिराज गरुड़से अपनी अभीष्ट बात इस प्रकार कही—॥ ३२ ॥

द्विजोत्तम महाभाग पश्यतां वचनान्मम।
सम्राड् राजा वसुर्नाम धर्मात्मा संशितव्रतः ॥ ३३ ॥

'महाभाग पक्षिप्रवर! तुम मेरी आज्ञासे कठोर व्रतका पालन करनेवाले धर्मात्मा सम्राट् राजा वसुके पास जाकर उन्हें देखो ॥ ३३ ॥

ब्राह्मणानां प्रकोपेन प्रविष्टो वसुधातलम्।
मानितास्ते तु विप्रेन्द्रास्त्वं तु गच्छ द्विजोत्तम ॥ ३४ ॥

'पक्षिराज! वे ब्राह्मणोंके कोपसे पातालमें प्रविष्ट हुए हैं। फिर भी उन्होंने श्रेष्ठ ब्राह्मणोंका सदा सम्मान ही किया है; अतः तुम उनके पास जाओ ॥ ३४ ॥

भूमेर्विवरसंगुप्तं गरुडेह ममाज्ञया।
अधश्चरं नृपश्रेष्ठं खेचरं कुरु मा चिरम् ॥ ३५ ॥

'गरुड! पृथ्वीके विवरमें सुरक्षितरूपसे रहनेवाले इन पातालचारी नृपश्रेष्ठ वसुको तुम मेरी आज्ञासे शीघ्र ही आकाशचारी बना दो' ॥ ३५ ॥

गरुत्मानथ विक्षिप्य पक्षौ मारुतवेगवान्।
विवेश विवरं भूमेर्यत्रास्ते पार्थिवो वसुः ॥ ३६ ॥

यह आज्ञा पाकर वायुके समान वेगशाली गरुड अपने

दोनों पंख फैलाकर उड़े और पातालमें जहाँ राजा [illegible] विराजमान थे, घुस गये ॥ ३६ ॥

[illegible] एनं समुत्क्षिप्य सहसा विनतासुतः ।
उत्पपात नभस्तूर्णं [illegible] चैनममुञ्चत ॥ ३७ ॥

विनतानन्दन गरुड सहसा राजाको वहाँसे ऊपर उठाकर तुरंत आकाशमें ले उड़े और वहीं इन्हें छोड़ दिया ॥

अस्मिन् मुहूर्ते संजज्ञे [illegible] पुनः ।
सशरीरो गतश्चैव ब्रह्मलोकं नृपोत्तमः ॥ ३८ ॥

उसी क्षण राजा वसु पुनः उपरिचर हो गये। फिर वे नृपश्रेष्ठ सशरीर ब्रह्मलोकमें चले गये ॥ ३८ ॥

एवं तेनापि कौन्तेय वाग्दोषाद् देवताज्ञया ।
[illegible] गतिरधस्तात् [illegible] द्विजशापान्महात्मना ॥ ३९ ॥

कुन्तीनन्दन! इस प्रकार [illegible] महामनस्वी नरेशने भी देवताओंकी आज्ञासे वाचिक अपराध करनेके कारण ब्राह्मणोंके शापसे अधोगति [illegible] की थी ॥ ३९ ॥

केवलं पुरुषस्तेन सेवितो हरिरीश्वरः ।
ततः शीघ्रं जहौ शापं ब्रह्मलोकमवाप [illegible] ॥ ४० ॥

फिर उन्होंने केवल पुरुषप्रवर भगवान् श्रीहरिका सेवन किया, जिससे वे उस शापसे शीघ्र ही छूट गये और ब्रह्मलोकमें जा पहुँचे ॥ ४० ॥

भीष्म उवाच

एतत् ते सर्वमाख्यातं सम्भूता [illegible] यथा ।
नारदोऽपि यथा श्वेतं द्वीपं स गतवानृषिः ।
तत् ते सर्वं प्रवक्ष्यामि शृणुष्वैकमना [illegible] ॥ ४१ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! श्वेतद्वीपके निवासी पुरुष जैसे हैं, उनकी सारी स्थिति मैंने तुमसे कह सुनायी। [illegible] देवर्षि नारद जिस प्रकार श्वेतद्वीपमें गये, वह [illegible] प्रसङ्ग तुमसे कहूँगा। तुम एकचित्त होकर सुनो ॥ ४१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीये सप्तत्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणकी महिमाका वर्णनविषयक तीन सौ सैंतीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३७ ॥

(दाक्षिणात्य अधिक पाठका १ श्लोक मिलाकर कुल ४१ श्लोक हैं)

अष्टत्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

नारदजीका दो सौ नामोंद्वारा भगवान्‌की स्तुति करना

भीष्म उवाच

प्राप्य श्वेतं महाद्वीपं नारदो भगवानृषिः ।
ददर्श तानेव नराञ्श्वेतांश्चन्द्रसमप्रभान् ॥ १ ॥
पूजयामास शिरसा मनसा तैश्च पूजितः ।
दिदृक्षुर्जप्यपरमः सर्वकृच्छ्रगतः स्थितः ॥ २ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! उस महान् श्वेतद्वीपमें पहुँचकर भगवान् देवर्षि नारदने जब वहाँके उन चन्द्रमाके समान कान्तिमान् पुरुषोंको देखा, तब मस्तक झुकाकर प्रणाम किया और मन-ही-मन उनकी पूजा की। तत्पश्चात् श्वेतद्वीपनिवासी पुरुषोंने भी नारदजीका सत्कार किया। फिर वे भगवान्‌के दर्शनकी इच्छासे उनके नामका जप करने लगे एवं कठोर नियमोंका पालन करते हुए वहाँ रहने लगे ॥ १-२ ॥

भूत्वैकाग्रमना विप्र ऊर्ध्वबाहुः समाहितः ।
स्तोत्रं जगौ स विश्वाय निर्गुणाय गुणात्मने ॥ ३ ॥

नारदजी वहाँ अपनी दोनों बाँहें ऊपर उठाकर एकाग्रचित्त हो निर्गुण सगुणरूप विश्वात्मा भगवान् नारायणकी इस प्रकार (दो सौ नामोंद्वारा) स्तुति करने लगे ॥

नारद उवाच

१ नमस्ते देवदेवेश २ निष्क्रिय ३ निर्गुण ४ लोकसाक्षिन् ५ क्षेत्रज्ञ ६ पुरुषोत्तम ७ अनन्त ८ पुरुष ९ महापुरुष १० पुरुषोत्तम ११ त्रिगुण १२ प्रधान १३ अमृत १४ अमृताख्य १५ अनन्ताख्य १६ व्योम १७ सनातन १८ सदसद्व्यक्ताव्यक्त १९ ऋतधामन् २० आदिदेव २१ वसुप्रद २२ प्रजापते २३ सुप्रजापते २४ वनस्पते २५ महाप्रजापते २६ ऊर्जस्पते २७ वाचस्पते २८ जगत्पते २९ मनस्पते ३० दिवस्पते ३१ मरुत्पते ३२ सलिलपते ३३ पृथिवीपते ३४ दिक्पते ३५ पूर्वनिवास ३६ [illegible] ३७ [illegible]पुरोहित ३८ ब्रह्मकायिक ३९ महाराजिक ४० चातुर्महाराजिक ४१ भासुर ४२ महाभासुर ४३ सप्तमहाभाग ४४ याम्य ४५ महायाम्य ४६ संज्ञासंज्ञ ४७ तुषित ४८ महातुषित ४९ प्रमर्दन ५० परिनिर्मित ५१ अपरिनिर्मित ५२ वशवर्तिन् ५३ अपरिनिन्दित ५४ अपरिमित ५५ वशवर्तिन् ५६ अवशवर्तिन् ५७ [illegible] ५८ महायज्ञ ५९ यज्ञसम्भव ६० यज्ञयोने ६१ यज्ञगर्भ ६२ यज्ञहृदय ६३ यज्ञस्तुत ६४ यज्ञभागहर ६५ पञ्चयज्ञ ६६ पञ्चकालकर्तृपते ६७ पाञ्चरात्रिक ६८ वैकुण्ठ ६९ अपराजित ७० मानसिक ७१ नामनामिक ७२ परस्वामिन् ७३ सुस्नात ७४ हंस ७५ परमहंस ७६ महाहंस ७७ परमयाज्ञिक ७८ सांख्ययोग ७९ सांख्यमूर्ते ८० अमृतेशय ८१ हिरण्येशय ८२ देवेशय ८३ कुशेशय ८४ ब्रह्मेशय ८५ पद्मेशय ८६ विश्वेश्वर ८७ विष्वक्सेन ८८ त्वं जगदन्वयः ८९ त्वं जगत्प्रकृतिः

९० तवाग्निरास्यम् ९१ वडवामुखोऽग्निः ९२ त्वमाहुतिः ९३ सारथिः ९४ त्वं वषट्कारः ९५ त्वमोङ्कारः ९६ त्वं तपः ९७ त्वं [illegible] ९८ त्वं चन्द्रमाः ९९ त्वं चक्षुरादित्यं १०० त्वं सूर्यः १०१ त्वं दिशां गजः १०२ त्वं दिग्भानो १०३ विदिग्भानो १०४ हयशिरः १०५ प्रथमत्रिसौपर्णः १०६ वर्णधरः १०७ पञ्चाग्ने १०८ त्रिणाचिकेत १०९ षडङ्गनिधान ११० प्राग्ज्योतिष १११ ज्येष्ठसामग ११२ सामिकव्रतधर ११३ अथर्वशिराः ११४ पञ्चमहाकल्प ११५ फेनपाचार्य ११६ वालखिल्य ११७ वैखानस ११८ अभग्नयोग ११९ अभग्नपरिसंख्यान १२० युगादे १२१ युगमध्य १२२ युगनिधन १२३ [illegible] १२४ प्राचीनगर्भ १२५ कौशिक १२६ पुरुष्टुत १२७ पुरुहूत १२८ विश्वकृत् १२९ विश्वरूप १३० अनन्तगते १३१ अनन्तभोग १३२ अनन्त १३३ अनादे १३४ अमध्य १३५ अव्यक्तमध्य १३६ अव्यक्तनिधन १३७ व्रतावास १३८ समुद्राधिवास १३९ यशोवास १४० तपोवास १४१ दमावास १४२ लक्ष्म्यावास १४३ विद्यावास १४४ कीर्त्यावास १४५ श्रीवास १४६ सर्वावास १४७ वासुदेव १४८ सर्वच्छन्दक १४९ हरिहय १५० हरिमेध १५१ महायज्ञभागहर १५२ वरप्रद १५३ सुखप्रद १५४ [illegible]मन् १५५ हरिमेध १५६ [illegible] १५७ नियम १५८ महानियम १५९ कृच्छ्र १६० अतिकृच्छ्र १६१ महाकृच्छ्र १६२ सर्वकृच्छ्र १६३ नियमधर १६४ निवृत्तभ्रम १६५ प्रवचनगत १६६ पृश्निगर्भप्रवृत्त १६७ प्रवृत्तवेदक्रिय १६८ अज १६९ सर्वगते १७० सर्वदर्शिन् १७१ अग्राह्य १७२ अचल १७३ महाविभूते १७४ माहात्म्यशरीर १७५ पवित्र १७६ महापवित्र १७७ हिरण्मय १७८ बृहत् १७९ अप्रतर्क्य १८० अविज्ञेय १८१ ब्रह्माग्र्य १८२ प्रजासर्गकर १८३ प्रजानिधनकर १८४ महामायाधर १८५ चित्रशिखण्डिन् १८६ वरप्रद १८७ पुरोडाशभागहर १८८ गताध्वर १८९ छिन्नतृष्ण १९० छिन्नसंशय १९१ सर्वतोवृत्त १९२ निवृत्तिरूप १९३ ब्राह्मणरूप १९४ ब्राह्मणप्रिय १९५ विश्वमूर्ते १९६ महामूर्ते १९७ बान्धव १९८ भक्तवत्सल १९९ ब्रह्मण्यदेव भक्तोऽहं त्वां दिदृक्षुरेकान्तदर्शनाय २०० नमो नमः ॥

१—देवदेवेश ! आपको नमस्कार है। २—आप निष्क्रिय, ३—निर्गुण और ४— [illegible] जगत्के साक्षी हैं। ५—क्षेत्रज्ञ, ६—पुरुषोत्तम (क्षर-अक्षर पुरुषसे उत्तम), ७—अनन्त, ८—पुरुष, ९—महापुरुष, १०—पुरुषोत्तम (परमात्मा), ११—त्रिगुण, १२—प्रधान, १३—अमृत, १४ अमृताख्य, १५—अनन्ताख्य (शेषनागरूप), १६—व्योम (महाकाशरूप), १७—सनातन, १८—सदसद्व्यक्ताव्यक्त, १९—ऋतधामा (सत्यधामस्वरूप), २०—आदिदेव, २१—वसुप्रद (कर्म-फलके दाता), २२—प्रजापते (दक्ष आदि), २३—सुप्रजापते (प्रजापतियोंमें [illegible]), २४—वनस्पते, २५—महाप्रजापते (ब्रह्मस्वरूप), २६—ऊर्जस्पते (महाशक्तिशाली), २७—वाचस्पते (बृहस्पति), २८—जगत्पते, २९—मनस्पते, ३०—दिवस्पते (सूर्य), ३१—मरुत्पते (वायुदेवताके स्वामी), ३२—सलिलपते (जलके स्वामी), ३३—पृथ्वीपते, ३४—दिक्पते, ३५—पूर्वनिवास (महाप्रलयके समय जगत्के आधाररूप), ३६—गुह्य(स्वरूप), ३७—ब्रह्मपुरोहित, ३८—ब्रह्माकायिक, ३९—महाराजिक, ४०—चातुर्महाराजिक, ४१—भासुर (प्रकाशमान), ४२—महाभासुर (महाप्रकाशमान), ४३—सप्तमहाभाग, ४४—याम्य, ४५—महायाम्य, ४६—संज्ञासंज्ञ, ४७—तुषित, ४८—महातुषित, ४९—प्रमर्दन (मृत्युरूप), ५०—परिनिर्मित, ५१—अपरिनिर्मित, ५२—वशवर्ती, ५३—अपरिनिन्दित (शम-दम आदि गुणसम्पन्न), ५४—अपरिमित (अनन्त), ५५—वशवर्ती, ५६—अवशवर्ती, ५७—यज्ञ, ५८—महायज्ञ, ५९—यज्ञसम्भव, ६०—यज्ञयोनि(वेदस्वरूप), ६१—यज्ञगर्भ, ६२—यज्ञहृदय, ६३—यज्ञस्तुत, ६४—यज्ञभागहर, ६५—पञ्चयज्ञ, ६६—पञ्चकालकर्तृपति (अहोरात्र, मास, ऋतु, अयन और संवत्सररूप कालके स्वामी), ६७—पाञ्चरात्रिक, ६८—वैकुण्ठ (परमधाम), ६९—अपराजित, ७०—मानसिक, ७१—नामानामिक (जिनमें सब नामोंका समावेश है), ७२—परस्वामी (परमेश्वर), ७३—सुस्नात, ७४—हंस, ७५—परमहंस, ७६—महाहंस, ७७—परमयाज्ञिक, ७८—सांख्ययोगरूप, ७९—सांख्यमूर्ति (ज्ञानमूर्ति), ८०—अमृतेशय (विष्णु), ८१—हिरण्येशय, ८२—देवेशय, ८३—कुशेशय, ८४—ब्रह्मेशय, ८५—पद्मेशय (विष्णु), ८६—विश्वेश्वर और ८७—विष्वक्सेन आदि आपहीके नाम हैं। ८८—आप ही जगदन्वय (जगत्में ओतप्रोत) तथा ८९—आप ही जगत्के कारणस्वरूप हैं। ९०—अग्नि आपका मुख है। ९१—आप ही बड़वानल, ९२—आप ही आहुतिरूप, ९३—सारथि, ९४—वषट्कार, ९५—ॐकार, ९६—तपःस्वरूप, ९७—मनःस्वरूप, ९८—चन्द्रमास्वरूप, ९९—चक्षुके देवता सूर्य आप ही हैं। १००—सूर्य, १०१—दिग्गज, १०२—दिग्भानु (दिशाओंको प्रकाशित करनेवाले), १०३—विदिग्भानु (विदिशाओंको प्रकाशित करनेवाले)तथा १०४—हयग्रीवरूप हैं। १०५—आप प्रथम त्रिसौपर्ण मन्त्र, १०६—ब्राह्मणादि वर्णोंको धारण करनेवाले तथा १०७—पञ्चाग्निरूप हैं। १०८—नाचिकेत नामसे प्रसिद्ध त्रिविध अग्नि भी आप ही हैं। १०९—आप शिक्षा, कल्प, व्याकरण, छन्द, निरुक्त और ज्योतिष नामक [illegible] अङ्गोंके भण्डार हैं। ११०—प्राग्ज्योतिषस्वरूप, १११—ज्येष्ठ सामगस्वरूप आप ही हैं। ११२—सामिक व्रतधारी, ११३—अथर्वशिरा ११४—

पञ्चमहाकल्परूप (आप ही सौर, शाक्त, गाणपत्य, शैव और वैष्णव शास्त्रोंके उपास्यदेव) हैं। ११५–फेनपाचार्य, ११६–बालखिल्य-मुनिरूप, ११७–वैखानस मुनिरूप आप ही हैं। ११८–अभग्नयोग (अखण्डयोग), ११९–अभग्नपरिसंख्यान ([illegible] विचार), १२०–युगादि (युगके आदिरूप), १२१–युगमध्य (युगके मध्यरूप), १२२–युगान्त (युगके [illegible] आप ही [illegible]); १२३–आखण्डल (इन्द्र), १२४–आपही प्राचीनगर्भ, १२५–कौशिकमुनि, १२६–पुरुष्टुत (सबके द्वारा प्रचुर स्तुति करने योग्य), १२७–पुरुहूत, १२८–विश्वकृत् (विश्वके रचयिता); १२९–विश्वरूप, १३०–अनन्तगति, १३१–अनन्तभोग, १३२–आपका न तो अन्त है, १३३–न आदि, १३४–न मध्य, १३५–अव्यक्तमध्य, १३६–अव्यक्तनिधन, १३७–व्रतावास (व्रतके आश्रय), १३८–समुद्रवासी (क्षीरसागरशायी); १३९–यशोवास (यशके निवासस्थान), १४०–तपोवास (तपके निवास-[illegible]), १४१–दमावास (संयमके आधार), १४२–लक्ष्मी-निवास, १४३–विद्याके आश्रय, १४४–कीर्तिके आधार, १४५–सम्पत्तिके आश्रय, १४६–सर्वावास (सबके निवासस्थान), १४७–वासुदेव, १४८–सर्वच्छन्दक (सबकी इच्छा पूर्ण करनेवाले), १४९–हरिहय, १५०–हरिमेध (अश्वमेध-यज्ञरूप), १५१–महायज्ञभागहर, १५२–वरप्रद (भक्तों-को वरदान देनेवाले), १५३–सुखप्रद (सबको सुख [illegible] करनेवाले), १५४–धनप्रद (सबको धन देनेवाले), १५५–हरिमेध (भगवद्भक्त भी आप ही हैं), १५६–यम, १५७–नियम, १५८–महानियम आदि साधन भी आप ही हैं। १५९–कृच्छ्र, १६०–अतिकृच्छ्र, १६१–महाकृच्छ्र, १६२–सर्वकृच्छ्र आदि चान्द्रायणव्रत भी आप ही हैं। १६३–नियमधर (नियमोंको धारण करनेवाले), १६४–निवृत्तभ्रम (भ्रमरहित), १६५–प्रवचनगत (वेदवाक्यके विषय), १६६–पृश्निगर्भप्रवृत्त, १६७–प्रवृत्तवेदक्रिय (वैदिक कर्मोंके प्रवर्तक), १६८–अज (जन्मरहित), १६९–सर्वगति (सर्वव्यापी), १७०–सर्वदर्शी, १७१–अग्राह्य, १७२–अचल, १७३–महाविभूति (सृष्टिरूप विभूतिवाले), १७४–माहात्म्य-शरीर (अतुलित प्रभावशाली स्वरूपवाले), १७५–पवित्र, १७६–महापवित्र (पवित्रोंको भी पवित्र करनेवाले), १७७–हिरण्मय, १७८–बृहद् (ब्रह्म), १७९–अप्रतर्क्य (तर्कसे जाननेमें न आनेवाले), १८०–अविज्ञेय, १८१–ब्रह्माग्रय, १८२–प्रजाकी सृष्टि करनेवाले, १८३–प्रजाका अन्त करने-वाले, १८४–महामायाधर, १८५–चित्रशिखण्डी, १८६–वर-प्रद, १८७–पुरोडाश भागको ग्रहण करनेवाले, १८८–गता-ध्वर (प्राप्तयज्ञ), १८९–छिन्नतृष्ण (तृष्णारहित), १९०–छिन्नसंशय (संशयरहित), १९१–सर्वतोवृत्त (सर्वव्यापक), १९२–निवृत्तिरूप, १९३–ब्राह्मणरूप, १९४–ब्राह्मणप्रिय, १९५–विश्वमूर्ति, १९६–महामूर्ति, १९७–बान्धव (जगत्‌के बन्धु), १९८–भक्तवत्सल तथा १९९–ब्रह्मण्यदेव आदि नामोंसे पुकारे जानेवाले परमेश्वर ! आपको नमस्कार है। मैं आपका भक्त हूँ। आपके दर्शनकी इच्छासे यहाँ उपस्थित हुआ हूँ। २००–एकान्तमें दर्शन देनेवाले आप परमात्माको बारंबार नमस्कार है॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि अष्टत्रिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३३८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें तीन सौ अड़तीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३३८ ॥

एकोनचत्वारिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

श्वेतद्वीपमें नारदजीको भगवान्‌का दर्शन, भगवान्‌का वासुदेव-सङ्कर्षण आदि अपने व्यूह-स्वरूपोंका परिचय कराना और भविष्यमें होनेवाले अवतारोंके कार्योंकी सूचना देना और इस कथाके श्रवण-पठनका माहात्म्य

भीष्म उवाच

एवं स्तुतः स भगवान् गुह्यैस्तथ्यैश्च नामभिः।
तं मुनिं दर्शयामास नारदं विश्वरूपधृक् ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! इस प्रकार गुह्य तथा सत्य नामोंसे जब नारदजीने भगवान्‌की स्तुति की, तब उन्होंने विश्वरूप धारण करके उन्हें दर्शन दिया ॥ १ ॥

किंचिच्चन्द्राद् विशुद्धात्मा किंचिच्चन्द्राद् विशेषवान्।
कृशानुवर्णः किंचिच्च किंचिद्धिष्ण्याकृतिः प्रभुः॥ २ ॥

उनका वह स्वरूप [illegible] चन्द्रमासे भी अधिक निर्मल और कुछ चन्द्रमासे भी विलक्षण था। कुछ अग्निके समान देदीप्यमान और कुछ नक्षत्रोंके समान जाज्वल्यमान था ॥ २ ॥

शुकपत्रनिभः किंचित् किंचित्स्फटिकसंनिभः।
नीलाञ्जनचयप्रख्यो जातरूपप्रभः क्वचित् ॥ ३ ॥

कुछ तोतेकी पाँखके समान हरा, कुछ स्फटिकमणिके समान उज्ज्वल, कहींसे कज्जलराशिके समान काला और कहींसे सुवर्णके समान कान्तिमान् था ॥ ३ ॥

प्रवालाङ्कुरवर्णश्च श्वेतवर्णस्तथा क्वचित्।
क्वचित् सुवर्णवर्णाभो वैदूर्यसदृशः क्वचित् ॥ ४ ॥

कहीं नवाङ्कुरित पल्लवके समान था। कहीं श्वेतवर्ण दिखायी देता था, कहीं सुनहरी आभा दिखायी देती थी और कहीं-कहीं वैदूर्यमणिकी-सी छटा छिटक रही थी ॥ ४ ॥

नीलवैदूर्यसदृश इन्द्रनीलनिभः क्वचित्।

मयूरग्रीववर्णाभो मुक्ताहारनिभः क्वचित् ॥ ५ ॥

कहीं नीलवैदूर्य, कहीं इन्द्रनीलमणि, कहीं मोरकी ग्रीवाके सदृश वर्ण और कहीं मोतीके हारकी-सी कान्ति दृष्टि-गोचर होती थी ॥ ५ ॥

एतान् बहुविधान् वर्णान् रूपैर्बिभ्रत्सनातनः।
सहस्रनयनः श्रीमाञ्छतशीर्षः सहस्रपात् ॥ ६ ॥
सहस्रोदरबाहुश्च [illegible] इति च क्वचित्।

इस प्रकार वे सनातन भगवान् श्रीहरि अपने स्वरूपमें नाना प्रकारके रंग धारण किये हुए थे। उनके हजारों नेत्र, सैकड़ों (हजारों) मस्तक, हजारों पैर, हजारों उदर और हजारों हाथ थे। वे अपूर्व कान्तिसे सम्पन्न थे और कहीं-कहीं उनकी आकृति अव्यक्त थी ॥ ६½ ॥

ओङ्कारमुद्गिरन् वक्त्रात् सावित्रीं च तदन्वयाम् ॥७॥
शेषेभ्यश्चैव वक्त्रेभ्यश्चतुर्वेदान् गिरन् बहून्।
आरण्यकं जगौ देवो हरिर्नारायणो वशी ॥ ८ ॥

सबको वशमें रखनेवाले वे भगवान् नारायण हरि एक मुखसे तो ॐकार तथा उससे सम्बन्ध रखनेवाली गायत्रीका जप करते थे एवं अन्यान्य मुखोंसे चारों वेदों और उनके आरण्यकभागका गान कर रहे थे ॥ ७-८ ॥

वेदिं कमण्डलुं शुभ्रान् मणीनुपानहौ कुशान्।
अजिनं दण्डकाष्ठं च ज्वलितं च हुताशनम् ॥ ९ ॥
धारयामास देवेशो हस्तैर्यज्ञपतिस्तदा।

यज्ञोंके स्वामी उन भगवान् देवेश्वर विष्णुने उस [illegible] अपने हाथोंमें यज्ञवेदी, कमण्डलु, चमकीले मणिरत्न, उपानह, कुशा, मृगचर्म, दण्ड-काष्ठ और प्रज्वलित अग्नि—ये सब वस्तुएँ ले रखी थीं ॥ ९½ ॥

तं प्रसन्नं प्रसन्नात्मा नारदो द्विजसत्तमः ॥ १० ॥
वाग्यतः प्रणतो भूत्वा ववन्दे परमेश्वरम्।

उनका दर्शन करनेके पश्चात् प्रसन्नचित्त हुए द्विजश्रेष्ठ नारदने मौनभावसे नतमस्तक हो उन प्रसन्न हुए परमेश्वरकी वन्दना की ॥ १०½ ॥

तमुवाच नतं मूर्ध्ना देवानामादिरव्ययः ॥ ११ ॥

मस्तक झुकाकर चरणोंमें पड़े हुए नारदजीसे देवताओंके आदिकारण अविनाशी श्रीहरिने इस प्रकार कहा ॥ ११ ॥

श्रीभगवानुवाच

एकतश्च द्वितश्चैव त्रितश्चैव महर्षयः।
इमं देशमनुप्राप्ता मम दर्शनलालसाः ॥ १२ ॥

श्रीभगवान् बोले—देवर्षे ! महर्षि एकत, द्वित और त्रित—ये सब भी मेरे दर्शनकी इच्छासे [illegible] स्थानपर आये हुए थे ॥ १२ ॥

[illegible] च मां ते ददृशिरे न च द्रक्ष्यति कश्चन।
ऋते ह्येकान्तिकश्रेष्ठात् त्वं चैवैकान्तिकोत्तमः॥ १३ ॥

किंतु उन्हें मेरा दर्शन न [illegible] हो सका। वास्तवमें [illegible] अनन्य भक्तके सिवा और कोई मनुष्य मेरा दर्शन नहीं कर [illegible]। तुम तो मेरे अनन्य भक्तोंमें श्रेष्ठ हो; इसीलिये तुम्हें मेरा दर्शन हुआ है ॥ १३ ॥

ममैतास्तनवः श्रेष्ठा जाता धर्मगृहे द्विज।
तास्त्वं भजस्व सततं साधयस्व यथागतम् ॥ १४ ॥

विप्रवर ! धर्मके घरमें जो अवतीर्ण हुए हैं, वे नर-नारायण आदि चारों भाई मेरे ही स्वरूप हैं; अतः तुम सदा उनका भजन किया करो तथा जो कार्य प्राप्त हो, उसका साधन करो ॥

वृणीष्व च वरं विप्र मत्तस्त्वं यदिहेच्छसि।
प्रसन्नोऽहं तवाद्येह विश्वमूर्तिरिहाव्ययः ॥ १५ ॥

द्विजश्रेष्ठ ! मैं अविनाशी विश्वरूप परमेश्वर आज तुमपर प्रसन्न हुआ हूँ; अतः तुम मुझसे जो कुछ चाहते हो, वह वर माँग लो ॥ १५ ॥

नारद उवाच

[illegible] मे तपसो देव [illegible] नियमस्य च।
सद्यः फलमवाप्तं वै दृष्टो यद् भगवान् मया ॥ १६ ॥

नारदजीने कहा—देव ! जब मैंने आप भगवान्का दर्शन पा लिया, तब मुझे तप, यम और नियम—सबका फल [illegible] ही मिल गया ॥ १६ ॥

[illegible] एष ममात्यन्तं दृष्टस्त्वं यत् सनातनः।
भगवन् विश्वदृक् सिंहः सर्वमूर्तिर्महान् प्रभुः ॥ १७ ॥

भगवन् ! आप सम्पूर्ण विश्वके द्रष्टा, सिंहके समान निर्भय, सर्वस्वरूप, महान् एवं सनातन प्रभु हैं। आपका जो दर्शन हो गया, यही मेरे लिये सबसे बड़ा वरदान है ॥ १७ ॥

भीष्म उवाच

एवं संदर्शयित्वा तु नारदं परमेष्ठिनम्।
उवाच वचनं भूयो [illegible] नारद मा चिरम् ॥ १८ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! इस प्रकार दर्शन देकर भगवान्ने ब्रह्मपुत्र नारदजीसे फिर कहा, 'नारद ! जाओ, विलम्ब न करो ॥ १८ ॥

इमे ह्यनिन्द्रियाहारा मद्भक्ताश्चन्द्रवर्चसः।
एकाग्राश्चिन्तयेयुर्मां नैषां विघ्नो भवेदिति ॥ १९ ॥

'ये इन्द्रिय और आहारसे शून्य, चन्द्रमाके समान कान्तिमान् मेरे भक्तजन एकाग्रभावसे मेरा चिन्तन कर सकें और इनके ध्यानमें किसी प्रकारका विघ्न न हो, इसके लिये तुम्हें यहाँसे चले जाना चाहिये ॥ १९ ॥

सिद्धा ह्येते महाभागाः पुरा ह्येकान्तिनोऽभवन्।
तमोरजोभिर्निर्मुक्ता मां प्रवेक्ष्यन्त्यसंशयम् ॥ २० ॥

'यहाँ निवास करनेवाले ये सभी महाभाग सिद्ध हो चुके हैं। ये पहले भी मेरे अनन्य भक्त रहे हैं। ये तमोगुण और रजोगुणसे मुक्त हैं; अतः निःसंदेह मुझमें ही प्रवेश करेंगे ॥ २० ॥

न दृश्यश्चक्षुषा योऽसौ न स्पृश्यः स्पर्शनेन च ।
न घ्रेयश्चैव गन्धेन रसेन [illegible] विवर्जितः ॥ २१ ॥
सत्त्वं रजस्तमश्चैव न गुणास्तं भजन्ति वै ।
[illegible] सर्वगतः साक्षी लोकस्यात्मेति कथ्यते ॥ २२ ॥
भूतग्रामशरीरेषु नश्यत्सु न विनश्यति ।
अजो नित्यः शाश्वतश्च निर्गुणो निष्कलस्तथा ॥ २३ ॥
द्विर्द्वादशेभ्यस्तत्त्वेभ्यः ख्यातो यः पञ्चविंशकः ।
पुरुषो निष्क्रियश्चैव ज्ञानदृश्यश्च कथ्यते ॥ २४ ॥
यं प्रविश्य भवन्तीह मुक्ता [illegible] द्विजसत्तमाः ।
[illegible] वासुदेवो विज्ञेयः परमात्मा [illegible] ॥ २५ ॥

'जो नेत्रोंसे देखा नहीं जाता, त्वचासे जिसका स्पर्श नहीं होता, गन्ध ग्रहण करनेवाली घ्राणेन्द्रियसे जो सूँघनेमें नहीं आता, जो रसनेन्द्रियकी पहुँचसे परे है; सत्त्व, रज और तम नामक गुण जिसपर कोई प्रभाव नहीं डाल पाते, जो सर्वव्यापी, साक्षी और सम्पूर्ण जगत्का आत्मा कहलाता है, सम्पूर्ण प्राणियोंका नाश हो जानेपर भी जो स्वयं नष्ट नहीं होता है, जिसे अजन्मा, नित्य, सनातन, निर्गुण और निष्कल बताया गया है, जो चौबीस तत्त्वोंसे परे पचीसवें तत्त्वके रूपमें विख्यात है, जिसे अन्तर्यामी पुरुष, निष्क्रिय तथा [illegible] नेत्रोंसे ही देखने योग्य बताया जाता है, जिसमें प्रवेश करके श्रेष्ठ द्विज यहाँ मुक्त हो जाते हैं, वही [illegible] परमात्मा है । उसीको वासुदेव नामसे जानना चाहिये ॥ २१—२५ ॥

पश्य देवस्य माहात्म्यं महिमानं च नारद ।
शुभाशुभैः कर्मभिर्यो न लिप्यति कदाचन ॥ २६ ॥

'नारद ! उस परमात्मदेवका माहात्म्य और महिमा तो देखो, जो शुभाशुभ कर्मोंसे कभी लिप्त नहीं होता है ॥ २६ ॥

सत्त्वं रजस्तमश्चेति गुणानेतान् प्रचक्षते ।
एते सर्वशरीरेषु तिष्ठन्ति विचरन्ति च ॥ २७ ॥

'सत्त्व, रज और तम—ये तीन गुण बताये जाते हैं, जो सम्पूर्ण शरीरोंमें स्थित रहते हैं और विचरते हैं ॥ २७ ॥

एतान् गुणांस्तु क्षेत्रज्ञो भुङ्क्ते नैभिः स युज्यते ।
निर्गुणो गुणभुक् चैव गुणस्रष्टा गुणाधिकः ॥ २८ ॥

'इन गुणोंको क्षेत्रज्ञ स्वयं भोगता है, किंतु इन गुणोंके द्वारा वह क्षेत्रज्ञ भोगा नहीं जाता; क्योंकि वह निर्गुण, गुणोंका भोक्ता, गुणोंका [illegible] तथा गुणोंसे उत्कृष्ट है ॥२८॥

जगत्प्रतिष्ठा देवर्षे पृथिव्यप्सु प्रलीयते ।
ज्योतिष्यापः प्रलीयन्ते ज्योतिर्वायौ प्रलीयते ॥ २९ ॥

'देवर्षे ! यह सम्पूर्ण जगत् जिसपर प्रतिष्ठित है, वह पृथ्वी जलमें विलीन हो जाती है । जलका तेजमें और तेजका वायुमें लय होता है ॥ २९ ॥

खे वायुः प्रलयं याति मनस्याकाशमेव च ।
मनो हि परमं भूतं तदव्यक्ते प्रलीयते ॥ ३० ॥

'वायुका आकाशमें लय होता है, आकाश मनमें विलीन होता है । मन उत्कृष्ट भूत है । वह अव्यक्त प्रकृतिमें लीन होता है ॥ ३० ॥

अव्यक्तं पुरुषे ब्रह्मन् निष्क्रिये सम्प्रलीयते ।
नास्ति तस्मात् परतरः पुरुषाद् वै सनातनात् ॥ ३१ ॥

'ब्रह्मन् ! अव्यक्तका निष्क्रिय पुरुषमें लय होता है । उस [illegible] पुरुषसे उत्कृष्ट दूसरी कोई वस्तु नहीं है ॥ ३१ ॥

नित्यं हि नास्ति जगति भूतं स्थावरजङ्गमम् ।
ऋते तमेकं पुरुषं वासुदेवं सनातनम् ॥ ३२ ॥

'संसारमें उस एकमात्र सनातन पुरुष वासुदेवको छोड़कर कोई भी चराचर भूत नित्य नहीं है ॥ ३२ ॥

सर्वभूतात्मभूतो हि वासुदेवो महाबलः ।
पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥ ३३ ॥

'महाबली वासुदेव सम्पूर्ण भूतोंके आत्मा हैं । पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश—ये पाँच महाभूत हैं ॥ ३३ ॥

ते समेता महात्मानः शरीरमिति संज्ञितम् ।
तदा विशति यो ब्रह्मन्नदृश्यो लघुविक्रमः ॥ ३४ ॥

'ये सब महाभूत एक साथ मिलकर ही शरीर नाम धारण करते हैं । ब्रह्मन् ! उस [illegible] अदृश्यभावसे जो शीघ्रगामी चेतन उसमें प्रवेश करता है, वही जीवात्मा है ॥ ३४ ॥

[illegible] [illegible] भवति शरीरं चेष्टयन् प्रभुः ।
न विना धातुसंघातं शरीरं भवति क्वचित् ॥ ३५ ॥

'उसका शरीरमें प्रवेश करना ही [illegible] होना बताया जाता है । वही शरीरको चेष्टाशील बनाता है । वही इसके सञ्चालनमें समर्थ है । कहीं भी पाँचों भूतोंके मिलित समुदायके बिना कोई शरीर नहीं होता ॥ ३५ ॥

न च जीवं विना [illegible] वायवश्चेष्टयन्त्युत ।
[illegible] जीवः परिसंख्यातः शेषः संकर्षणः प्रभुः ॥ ३६ ॥

'ब्रह्मन् ! जीवके बिना प्राणवायु चेष्टा नहीं करती । वह जीव ही शेष या भगवान् सङ्कर्षण कहा गया है ॥ ३६ ॥

तस्मात् सनत्कुमारत्वं योऽलभत् स्वेन कर्मणा ।
यस्मिंश्च सर्वभूतानि प्रलयं यान्ति संक्षयम् ॥ ३७ ॥
स मनः सर्वभूतानां प्रद्युम्नः परिपठ्यते ।

'जो उसी सङ्कर्षण अथवा जीवसे उत्पन्न होकर अपने कर्म (ध्यान, पूजन आदि) के द्वारा सनत्कुमारत्व (जीवन्मुक्ति) प्राप्त कर लेता है, जिसमें समस्त प्राणी लय एवं क्षयको प्राप्त होते हैं, वह सम्पूर्ण भूतोंका मन ही 'प्रद्युम्न' कहलाता है ॥ ३७½ ॥

तस्मात् प्रसूतो [illegible] कर्ता कारणं कार्यमेव [illegible] ॥ ३८ ॥

'उस प्रद्युम्नसे जिसकी उत्पत्ति हुई है, वह (अहंकार ही) तन्मात्रा आदिका कर्ता, परम्परा-सम्बन्धसे महाभूतोंका [illegible] तथा महत्तत्त्वका कार्य है ॥ ३८ ॥

तस्मात् सर्वं सम्भवति जगत् स्थावरजङ्गमम् ।
सोऽनिरुद्धः स ईशानो व्यक्तः [illegible] सर्वकर्मसु ॥ ३९ ॥

'उसीसे समस्त चराचर जगत्‌की उत्पत्ति होती है। वही 'अनिरुद्ध' एवं 'ईशान' कहलाता है। वह (कर्तृत्वके अभिमानरूपसे) सम्पूर्ण कर्मोंमें व्यक्त होता है ॥ ३९ ॥

यो वासुदेवो भगवान् क्षेत्रज्ञो निर्गुणात्मकः ।
ज्ञेयः स एव राजेन्द्र जीवः संकर्षणः प्रभुः ॥ ४० ॥
संकर्षणाच्च प्रद्युम्नो मनोभूतः स उच्यते ।
प्रद्युम्नाद् योऽनिरुद्धस्तु सोऽहंकारः स ईश्वरः ॥ ४१ ॥

'राजेन्द्र ! जो भगवान् वासुदेव क्षेत्रज्ञस्वरूप एवं निर्गुण-रूपसे जाननेयोग्य बताये गये हैं, वे ही प्रभावशाली सङ्कर्षण-रूप जीवात्मा हैं। सङ्कर्षणसे प्रद्युम्नका प्रादुर्भाव हुआ है, जो मनोमय कहलाते हैं। प्रद्युम्नसे जो अनिरुद्ध प्रकट हुए हैं, वे ही अहंकार और ईश्वर हैं ॥ ४०-४१ ॥

मत्तः सर्वं सम्भवति जगत् स्थावरजङ्गमम् ।
अक्षरं च क्षरं चैव सच्चासच्चैव नारद ॥ ४२ ॥

'नारद ! मुझसे ही समस्त स्थावर-जङ्गमरूप जगत्‌की उत्पत्ति होती है। क्षर और अक्षर तथा असत् और सत् भी मुझसे ही प्रकट हुए हैं ॥ ४२ ॥

मां प्रविश्य भवन्तीह मुक्ता भक्तास्तु ये मम ।
अहं हि पुरुषो ज्ञेयो निष्क्रियः पञ्चविंशकः ॥ ४३ ॥

'यहाँ जो मेरे भक्त हैं, वे मुझमें ही प्रवेश करके मुक्त होते हैं। मैं ही पचीसवें तत्त्व निष्क्रिय पुरुषरूपसे जानने योग्य हूँ ॥ ४३ ॥

निर्गुणो निष्कलश्चैव निर्द्वन्द्वो निष्परिग्रहः ।
एतत् त्वया न विज्ञेयं रूपवानिति दृश्यते ॥ ४४ ॥
[illegible] मुहूर्तान्नश्येयमीशोऽहं जगतो गुरुः ।

'मैं निर्गुण, निष्कल, द्वन्द्वोंसे अतीत और परिग्रहसे शून्य हूँ। तुम ऐसा न समझ लेना कि ये रूपवान् हैं, इस-लिये दिखायी देते हैं; क्योंकि मैं इच्छा करते ही एक ही क्षणमें अदृश्य हो सकता हूँ; क्योंकि मैं सम्पूर्ण जगत्‌का ईश्वर और गुरु हूँ ॥ ४४½ ॥

माया ह्येषा मया सृष्टा यन्मां पश्यसि नारद ॥ ४५ ॥
सर्वभूतगुणैर्युक्तं नैवं त्वं ज्ञातुमर्हसि ।

'नारद ! तुम जो मुझे देख रहे हो, इस रूपमें मैंने माया रची है। तुम मुझे सम्पूर्ण प्राणियोंके गुणोंसे युक्त न जानो ॥ ४५½ ॥

मयैतत् कथितं सम्यक् तव मूर्तिचतुष्टयम् ॥ ४६ ॥
अहं हि जीवसंज्ञातो मयि जीवः समाहितः ।
नैवं ते बुद्धिरत्राभूद् दृष्टो जीवो मयेति वै ॥ ४७ ॥

'मैंने अपने वासुदेव, सङ्कर्षण आदि चार स्वरूपोंका तुम्हारे सामने भलीभाँति वर्णन किया है। मैं ही जीव नामसे प्रसिद्ध हूँ, मुझमें ही जीवकी स्थिति है; परंतु तुम्हारे मनमें ऐसा विचार नहीं उठना चाहिये कि मैंने जीवको देखा है ॥ ४६-४७ ॥

अहं सर्वत्रगो ब्रह्मन् भूतग्रामान्तरात्मकः ।
भूतग्रामशरीरेषु नश्यत्सु न नशाम्यहम् ॥ ४८ ॥

'ब्रह्मन् ! मैं सर्वव्यापी और समस्त प्राणिसमुदायका अन्तरात्मा हूँ। सम्पूर्ण भूतसमुदाय और शरीरोंके नष्ट हो जानेपर भी मेरा नाश नहीं होता है ॥ ४८ ॥

सिद्धा हि ते महाभागा नरा ह्येकान्तिनोऽभवन् ।
तमोरजोभ्यां निर्मुक्ताः प्रवेक्ष्यन्ति च मां मुने ॥ ४९ ॥

'मुने ! ये महाभाग श्वेतद्वीपनिवासी सिद्ध हैं। ये पहले मेरे अनन्य भक्त रहे हैं। ये तमोगुण और रजोगुणसे मुक्त हो गये हैं; इसलिये मेरे भीतर प्रवेश करेंगे ॥ ४९ ॥

हिरण्यगर्भो लोकादिश्चतुर्वक्त्रोऽनिरुक्तगः ।
ब्रह्मा सनातनो देवो मम बह्वर्थचिन्तकः ॥ ५० ॥

'जो सम्पूर्ण जगत्‌के आदि, चतुर्मुख, अनिर्वचनीयस्वरूप, हिरण्यगर्भ एवं सनातन देवता हैं, वे ब्रह्मा मेरे बहुत-से कार्योंका चिन्तन करनेवाले हैं ॥ ५० ॥

ललाटाच्चैव मे रुद्रो देवः क्रोधाद् विनिःसृतः ।
पश्यैकादश मे रुद्रान् दक्षिणं पार्श्वमास्थितान् ॥ ५१ ॥

'मेरे क्रोधवश ललाटसे मेरे ही रुद्रदेवका प्राकट्य हुआ है। देखो, ये ग्यारह रुद्र मेरे दाहिने भागमें विराजमान हैं ॥ ५१ ॥

द्वादशैव तथाऽऽदित्यान् वामपार्श्वे समास्थितान् ।
अग्रतश्चैव मे पश्य वसूनष्टौ सुरोत्तमान् ॥ ५२ ॥

'इसी प्रकार मेरे बायें भागमें बारह आदित्य विराज रहे हैं। अग्रभागमें सुरश्रेष्ठ आठ वसु विद्यमान हैं। इन सबको प्रत्यक्ष देखो ॥ ५२ ॥

नासत्यं चैव दस्रं च भिषजौ पश्य पृष्ठतः ।
सर्वान् प्रजापतीन् पश्य पश्य [illegible] ऋषींस्तथा ॥ ५३ ॥
वेदान् यज्ञांश्च [illegible] पश्यामृतमथौषधीः ।
तपांसि नियमांश्चैव यमानपि पृथग्विधान् ॥ ५४ ॥

'मेरे पृष्ठभागमें भी दृष्टिपात करो, जहाँ नासत्य और दस्र—ये दोनों देववैद्य अश्विनीकुमार स्थित हैं। इनके सिवा मेरे विभिन्न अङ्गोंमें समस्त प्रजापतियों, सप्तर्षियों, सम्पूर्ण वेदों, सैकड़ों यज्ञों, ओषधियों तथा अमृतको भी देखो। [illegible] तथा नाना प्रकारके यम-नियम भी यहाँ मूर्तिमान् हैं ॥ ५३-५४ ॥

तथाष्टगुणमैश्वर्यमेकस्थं पश्य मूर्तिमत् ।
श्रियं लक्ष्मीं च कीर्तिं च पृथिवीं च ककुद्मिनीम् ॥ ५५ ॥
वेदानां मातरं पश्य मत्स्थां देवीं सरस्वतीम् ।
ध्रुवं [illegible] ज्योतिषां श्रेष्ठं पश्य नारद खेचरम् ॥ ५६ ॥

'आठ प्रकारके ऐश्वर्य भी यहाँ एक ही जगह साकार-रूपसे प्रकट हैं, इन्हें देखो। श्री, लक्ष्मी, कीर्ति, पर्वतोंसहित पृथ्वी तथा वेदमाता सरस्वतीदेवी भी मेरे भीतर विराजमान हैं, उन सबका दर्शन करो। नारद ! ये नक्षत्रोंमें श्रेष्ठ आकाशचारी ध्रुव दिखायी दे रहे हैं, इनकी ओर भी दृष्टि-[illegible] करो ॥ ५५-५६ ॥

अम्भोधरान् समुद्रांश्च सरांसि सरितस्तथा ।
मूर्तिमन्तः पितृगणांश्चतुरः पश्य सत्तम ॥ ५७ ॥

'साधुशिरोमणे ! बादल, समुद्र, सरोवर और सरिताओंको भी मेरे भीतर मूर्तिमान् देख लो । चारों प्रकारके पितृगण भी सशरीर प्रकट हैं, इनका भी दर्शन कर लो ॥ ५७ ॥

त्रींश्चैवेमान् गुणान् पश्य मत्स्थान् मूर्तिविवर्जितान् ।
देवकार्यादपि मुने पितृकार्यं विशिष्यते ॥ ५८ ॥

'मेरे शरीरमें स्थित हुए मूर्तिरहित इन तीन गुणोंको भी मूर्तिमान् देख लो । मुने ! देवकार्यसे भी पितृकार्य [illegible] है ॥ ५८ ॥

देवानां च पितॄणां च पिता ह्येकोऽहमादितः ।
अहं हयशिरा भूत्वा समुद्रे पश्चिमोत्तरे ॥ ५९ ॥
पिबामि सुहुतं हव्यं कव्यं [illegible] श्रद्धयान्वितम् ।

'एकमात्र मैं ही देवताओं और पितरोंका भी पिता हूँ । [illegible] ही हयग्रीवरूप धारण करके समुद्रमें वायव्यकोणकी ओर रहता हूँ और विधिपूर्वक हवन किये हुए हव्य और श्रद्धापूर्वक समर्पित किये हुए कव्यका भी पान करता हूँ ॥ ५९½ ॥

[illegible] [illegible] पुरा [illegible] मां यज्ञमयजत् स्वयम् ॥ ६० ॥
ततस्तस्मिन् वरान् प्रीतो दत्तवानस्म्यनुत्तमान् ।

'पूर्वकालमें मेरे द्वारा उत्पन्न किये गये ब्रह्माने स्वयं ही [illegible] यज्ञपुरुषका यजन किया था । इससे प्रसन्न होकर मैंने उन्हें [illegible] वरदान दिये थे ॥ ६०½ ॥

मत्पुत्रत्वं च कल्पादौ लोकाध्यक्षत्वमेव च ॥ ६१ ॥
अहंकारकृतं चैव [illegible] पर्यायवाचकम् ।
त्वया कृतां च मर्यादां नातिक्रंस्यति कश्चन ॥ ६२ ॥

(वे वरदान इस प्रकार हैं—) "ब्रह्मन् ! तुम प्रत्येक कल्पके आदिमें मेरे पुत्ररूपसे उत्पन्न होओगे । तुम्हें लोकाध्यक्षका पद प्राप्त होगा । तुम्हारा पर्यायवाची नाम होगा, अहङ्कारकर्ता । तुम्हारी बाँधी हुई मर्यादाका कोई उल्लङ्घन नहीं करेगा ॥ ६१-६२ ॥

त्वं चैव वरदो ब्रह्मन् वरेप्सूनां भविष्यसि ।
सुरासुरगणानां च ऋषीणां [illegible] तपोधन ॥ ६३ ॥
पितॄणां च महाभाग सततं संशितव्रत ।
विविधानां च भूतानां त्वमुपास्यो भविष्यसि ॥ ६४ ॥

"ब्रह्मन् ! तुम वर चाहनेवाले साधकोंको वर देनेमें समर्थ होओगे । कठोर व्रतका पालन करनेवाले महाभाग तपोधन ! [illegible] देवताओं, असुरों, ऋषियों, पितरों तथा नाना प्रकारके प्राणियोंके सदा ही उपास्य होओगे ॥ ६३-६४ ॥

प्रादुर्भावगतश्चाहं सुरकार्येषु नित्यदा ।
अनुशास्यस्त्वया ब्रह्मन् नियोज्यश्च सुतो यथा ॥ ६५ ॥

"ब्रह्मन् ! जब मैं देवताओंका कार्य सिद्ध करनेके लिये अवतार धारण करूँ, उन दिनों सदा तुम मुझपर शासन करना और पुत्रकी भाँति मुझे प्रत्येक कार्यमें नियुक्त करना' ॥

एतांश्चान्यांश्च रुचिरान् ब्रह्मणेऽमिततेजसे ।
अहं दत्त्वा वरान् प्रीतो निवृत्तिपरमोऽभवम् ॥ ६६ ॥

'नारद ! अमित तेजस्वी ब्रह्माको ये तथा और भी बहुत-से सुन्दर वर देकर मैं प्रसन्नतापूर्वक निवृत्तिपरायण हो गया ॥

निर्वाणं सर्वधर्माणां निवृत्तिः परमा स्मृता ।
तस्मान्निवृत्तिमापन्नश्चरेत् सर्वाङ्गनिर्वृतः ॥ ६७ ॥

'समस्त कर्मोंसे उपरत हो जाना ही परम निवृत्ति है; [illegible] जो निवृत्तिको प्राप्त हो गया है, वह सभी अङ्गोंसे सुखी होकर विचरण करे ॥ ६७ ॥

विद्यासहायवन्तं च आदित्यस्थं समाहितम् ।
कपिलं प्राहुराचार्याः सांख्यनिश्चितनिश्चयाः ॥ ६८ ॥

'सांख्यशास्त्रके सिद्धान्तका निश्चय करनेवाले आचार्यगण मुझे ही विद्याकी सहायतासे युक्त, सूर्यमण्डलमें स्थित एवं समाहितचित्त कपिल कहते हैं ॥ ६८ ॥

हिरण्यगर्भो भगवानेष च्छन्दसि सुष्टुतः ।
सोऽहं योगरतिर्ब्रह्मन् योगशास्त्रेषु शब्दितः ॥ ६९ ॥

'वेदमें जिनकी स्तुति की गयी है, वे भगवान् हिरण्यगर्भ मेरे ही स्वरूप हैं । ब्रह्मन् ! योगीलोग जिसमें रमण करते हैं, वह योगशास्त्रप्रसिद्ध पुरुषविशेष ईश्वर भी मैं ही हूँ ॥ ६९ ॥

एषोऽहं व्यक्तिमागत्य तिष्ठामि दिवि शाश्वतः ।
ततो युगसहस्रान्ते संहरिष्ये जगत् पुनः ॥ [illegible] ॥

'इस [illegible] मैं सनातन परमात्मा ही व्यक्तरूप धारण करके आकाशमें स्थित हूँ । फिर एक सहस्र चतुर्युग व्यतीत होनेपर मैं ही इस जगत्का संहार करूँगा ॥ ७० ॥

कृत्वाऽऽत्मस्थानि भूतानि स्थावराणि चराणि च ।
एकाकी विद्यया सार्धं विहरिष्ये जगत् पुनः ॥ ७१ ॥

'उस समय सम्पूर्ण चराचर प्राणियोंको अपनेमें लीन करके मैं अकेला ही अपनी विद्या-शक्तिके साथ सूने संसारमें विहार करूँगा ॥ ७१ ॥

ततो भूयो जगत् सर्वं करिष्यामीह विद्यया ।
अस्मन्मूर्तिश्चतुर्थी या सासृजच्छेषमव्ययम् ॥ ७२ ॥

'तदनन्तर सृष्टिका समय आनेपर फिर [illegible] विद्याशक्तिके ही द्वारा संसारके सारे चराचर प्राणियोंकी सृष्टि करूँगा । मेरी जो चार मूर्तियाँ हैं, उनमें जो चौथी वासुदेव मूर्ति है, उसने अविनाशी शेषको उत्पन्न किया है ॥ ७२ ॥

स हि संकर्षणः प्रोक्तः प्रद्युम्नं सोऽप्यजीजनत् ।
प्रद्युम्नादनिरुद्धोऽहं सर्गो [illegible] पुनः पुनः ॥ ७३ ॥

'उस शेषको ही सङ्कर्षण कहा गया है । सङ्कर्षणने प्रद्युम्नको प्रकट किया है और प्रद्युम्नसे अनिरुद्धका आविर्भाव हुआ है । वह [illegible] मैं ही हूँ । बारबार उत्पन्न होनेवाला यह सृष्टि-विस्तार मेरा ही है ॥ ७३ ॥

अनिरुद्धात् तथा [illegible] तन्नाभिकमलोद्भवः ।
ब्रह्मणः सर्वभूतानि चराणि स्थावराणि च ॥ ७४ ॥

'मेरी अनिरुद्ध मूर्तिमें ब्रह्मा उत्पन्न हुए हैं, जिनका प्राकट्य मेरे नाभिकमलसे हुआ है। ब्रह्मासे समस्त चराचर भूत उत्पन्न हुए हैं ॥ ७४ ॥

एतां सृष्टिं विजानीहि कल्पादिषु पुनः पुनः।
यथा सूर्यस्य गगनादुदयास्तमने इह ॥ ७५ ॥

'कल्पके आदिमें बारंबार इस सृष्टिको मैं प्रकट करता हूँ (और अन्तमें इसका संहार कर डालता हूँ)। इस बातको तुम अच्छी तरह समझ लो। जैसे आकाशसे सूर्यका उदय होता है और आकाशमें ही वह अस्त होता है—ये उदय-अस्तके क्रम सदा चलते रहते हैं (उसी प्रकार मुझसे ही जगत्‌की उत्पत्ति होती है और मुझमें ही उनका लय होता है। यह सृष्टि और संहारका क्रम यों ही चला करता है) ॥

नष्टे पुनर्बलात् काल आनयत्यमितद्युतिः।
तथा बलादहं पृथ्वीं सर्वभूतहिताय वै ॥ ७६ ॥

'जैसे अमिततेजस्वी काल सूर्यके अदृश्य होनेपर पुनः बलपूर्वक उसे दृष्टिपथमें ला देता है, उसी प्रकार मैं भी [illegible] प्राणियोंके हितके लिये इस पृथ्वीको समुद्रके जलसे बलपूर्वक ऊपर लाता हूँ' ॥ ७६ ॥

(*भीष्म उवाच*

नारदस्त्वथ पप्रच्छ भगवन्तं जनार्दनम्।
केषु केषु च भावेषु त्वं द्रष्टव्यो महाप्रभो ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर! तदनन्तर नारदजीने भगवान् जनार्दनसे पूछा—'महाप्रभो! किन-किन स्वरूपोंमें आपका दर्शन (और स्मरण) करना चाहिये?' ॥

श्रीभगवानुवाच

शृणु नारद तत्त्वेन प्रादुर्भावान् महामुने।
मत्स्यः कूर्मो वराहश्च नरसिंहश्च वामनः ॥
रामो [illegible] रामश्च कृष्णः कल्की [illegible] ते दश।

श्रीभगवान् बोले—महामुनि नारद! तुम मेरे अवतारोंके नाम सुनो—मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, श्रीराम, बलराम, श्रीकृष्ण तथा कल्कि—ये दस अवतार हैं ॥

पूर्वं मीनो भविष्यामि स्थापयिष्याम्यहं प्रजाः ॥
लोकान् वेदान् धरिष्यामि मज्जमानान् महार्णवे।

पहले मैं 'मत्स्य' रूपसे प्रकट होऊँगा और [illegible] प्रजाको निर्भय अवस्थामें स्थापित करूँगा। महासागरमें डूबते हुए लोकों और वेदोंकी भी रक्षा करूँगा ॥

द्वितीयं कूर्मरूपं मे हेमकूटनिभं सुत ॥
मन्दरं धारयिष्यामि अमृतार्थे द्विजोत्तम।

वत्स! मेरा दूसरा अवतार होगा कूर्म—कच्छप। [illegible] समय मैं हेमकूट पर्वतके समान कच्छपरूप धारण करूँगा। द्विजश्रेष्ठ! जब देवता अमृतके लिये क्षीरसागरका मन्थन करेंगे, तब मैं अपनी पीठपर मन्दराचलको धारण करूँगा ॥

मग्नां महार्णवे घोरे भाराक्रान्तामिमां पुनः ॥)

सत्त्वैराक्रान्तसर्वाङ्गां नष्टां सागरमेखलाम्।
आनयिष्यामि स्वस्थानं वाराहं रूपमास्थितः ॥ ७७ ॥
हिरण्याक्षं वधिष्यामि दैतेयं बलगर्वितम्।

जिसके सारे अङ्ग प्राणियोंसे भरे हुए हैं तथा जो समुद्रसे घिरी हुई है, वही यह पृथ्वी जब भारी भारसे दबकर घोर महासागरमें निमग्न हो जायगी, उस समय मैं वाराहरूप धारण करके इसे पुनः अपने स्थानपर ला दूँगा। उसी समय बलके घमडमें भरे हुए हिरण्याक्ष नामक दैत्यका वध कर डालूँगा ॥ ७७½ ॥

नारसिंहं वपुः कृत्वा हिरण्यकशिपुं पुनः ॥ ७८ ॥
सुरकार्ये हनिष्यामि यज्ञघ्नं दितिनन्दनम्।

तदनन्तर देवताओंके कार्यके लिये नरसिंहरूप धारण करके यज्ञनाशक दितिनन्दन हिरण्यकशिपुका संहार कर डालूँगा ॥ ७८½ ॥

विरोचनस्य बलवान् बलिः पुत्रो महासुरः ॥ ७९ ॥
अवध्यः सर्वलोकानां सदेवासुररक्षसाम्।
भविष्यति [illegible] शक्रं वा स्वराज्याच्च्यावयिष्यति ॥ ८० ॥

विरोचनके एक बलवान् पुत्र होगा, जो महासुर बलिके नामसे विख्यात होगा। उसे देवता, असुर तथा राक्षसोंसहित सम्पूर्ण लोक भी नहीं मार सकेंगे। वह इन्द्रको राज्यसे भ्रष्ट [illegible] देगा ॥ ७९-८० ॥

त्रैलोक्येऽपहृते तेन विमुखे च शचीपतौ।
अदित्यां द्वादशादित्यः सम्भविष्यामि कश्यपात् ॥ ८१ ॥

जब वह त्रिलोकीका अपहरण कर लेगा और शचीपति इन्द्र युद्धमें पीठ दिखाकर भाग जायँगे, उस समय मैं कश्यपजीके अंश और अदितिके गर्भसे बारहवाँ आदित्य वामन बनकर प्रकट होऊँगा ॥ ८१ ॥

(जटी गत्वा यज्ञसदः स्तूयमानो द्विजोत्तम।
यज्ञस्तवं करिष्यामि श्रुत्वा प्रीतो भवेद् बलिः ॥

द्विजश्रेष्ठ! उस समय [illegible] लोग मेरी स्तुति करेंगे और मैं जटाधारी ब्रह्मचारीके रूपमें बलिके यज्ञमण्डपमें जाकर उसके उस यज्ञकी भूरि-भूरि प्रशंसा करूँगा, जिसे सुनकर बलि बहुत प्रसन्न होगा ॥

किमिच्छसि वटो ब्रूहीत्युक्तो याचे महद् वरम्।
दीयतां त्रिपदीमात्रमिति याचे महासुरम् ॥

[illegible] कहेगा कि 'ब्रह्मचारी ब्राह्मण! बताओ, क्या चाहते हो?' तब मैं उससे महान् वरकी याचना करूँगा। मैं [illegible] महान् असुरसे कहूँगा कि 'मुझे तीन पग भूमिमात्र दे दो' ॥

[illegible] दद्यान्मयि सम्प्रीतः प्रतिषिद्धश्च मन्त्रिभिः।
यावज्जलं हस्तगतं त्रिभिर्विक्रमणैर्वृतम् ॥)
ततो राज्यं प्रदास्यामि शक्रायामिततेजसे।
देवताः स्थापयिष्यामि स्वस्वस्थानेषु नारद ॥ ८२ ॥

वह अपने मन्त्रियोंके मना करनेपर भी मुझपर प्रसन्न होनेके कारण वह वर मुझे दे देगा। ज्यों ही संकल्पका [illegible] मेरे हाथपर आयेगा, त्यों ही तीन पगोंसे त्रिलोकीको नापकर उसका सारा राज्य अमिततेजस्वी इन्द्रको समर्पित कर दूँगा। नारद! इस प्रकार मैं सम्पूर्ण देवताओंको अपने-अपने स्थानों-पर स्थापित कर दूँगा ॥ ८२ ॥

बलिं चैव करिष्यामि पातालतलवासिनम्।
दानवं च बलिं श्रेष्ठमवध्यं सर्वदैवतैः ॥ ८३ ॥

साथ ही-सम्पूर्ण देवताओंके लिये अवध्य [illegible] दानव बलिको भी पातालतलका निवासी बना दूँगा ॥ ८३ ॥

त्रेतायुगे भविष्यामि रामो भृगुकुलोद्वहः।
क्षत्रं चोत्सादयिष्यामि समृद्धबलवाहनम् ॥ ८४ ॥

फिर त्रेतायुगमें भृगुकुलभूषण परशुरामके रूपमें [illegible] होऊँगा और सेना तथा सवारियोंसे सम्पन्न क्षत्रियकुलका संहार कर डालूँगा ॥ ८४ ॥

संध्यांशे समनुप्राप्ते त्रेतायां द्वापरस्य च।
अहं दाशरथी रामो भविष्यामि जगत्पतिः ॥ ८५ ॥

तदनन्तर जब त्रेता और द्वापरकी सन्ध्या उपस्थित होगी, उस समय मैं जगत्पति दशरथनन्दन रामके रूपमें अवतार लूँगा॥

त्रितोपघाताद् वैरूप्यमेकतोऽथ द्वितस्तथा।
प्राप्स्येते वानरत्वं हि प्रजापतिसुतावृषी ॥ ८६ ॥

त्रित नामक मुनिके साथ विश्वासघात करनेके [illegible] एकत और द्वित—ये दो प्रजापतिके पुत्र ऋषि विरूप वानर-योनिको प्राप्त होंगे ॥ ८६ ॥

तयोर्ये त्वन्वये [illegible] भविष्यन्ति वनौकसः।
महाबला महावीर्याः शक्रतुल्यपराक्रमाः ॥ ८७ ॥

उन दोनोंके वंशमें जो वनवासी वानर जन्म लेंगे, वे महाबली, महापराक्रमी और इन्द्रके तुल्य पराक्रम प्रकट करनेमें समर्थ होंगे ॥ ८७ ॥

ते सहाया भविष्यन्ति सुरकार्ये [illegible] द्विज।
ततो रक्षःपतिं घोरं पुलस्त्यकुलपांसनम् ॥ ८८ ॥
हरिष्ये रावणं रौद्रं सगणं लोककण्टकम्।

ब्रह्मन्! ये देवकार्यकी सिद्धिके लिये मेरे सहायक होंगे। तदनन्तर [illegible] पुलस्त्यकुलाङ्गार भयंकर राक्षसराज रावणको, जो [illegible] जगत्के लिये भयावह होगा, उसके गणोंसहित मार डालूँगा ॥ ८८½ ॥

[illegible] कलेश्चैव संधौ पार्यवसानिके ॥ ८९ ॥
प्रादुर्भावः कंसहेतोर्मथुरायां भविष्यति।

फिर द्वापर और कलिकी सन्धिका [illegible] बीतते-बीतते कंसका वध करनेके लिये मथुरामें मेरा अवतार होगा ॥८९½॥

(कंसं केशिं तथा कालमरिष्टं च महासुरम्।
चाणूरं च महावीर्यं मुष्टिकं च महाबलम् ॥
[illegible] धेनुकं चैव अरिष्टं वृषरूपिणम्।
कालीयं [illegible] वशे कृत्वा यमुनायां महाह्रदे ॥
गोकुले [illegible] पश्चाद् गवार्थं तु महागिरिम्।
सप्तरात्रं धरिष्यामि वर्षमाणे तु वासवे ॥
अपक्रान्ते ततो वर्षे गिरिमूर्धन्यवस्थितः।
इन्द्रेण [illegible] संवादं करिष्यामि [illegible] द्विज ॥)

उस समय कंस, केशी, कालासुर, महादैत्य अरिष्टासुर, महापराक्रमी चाणूर, महाबली मुष्टिक, प्रलम्ब, धेनुकासुर तथा वृषभरूपधारी अरिष्टको मारकर यमुनाके विशाल कुण्डमें स्थित कालियनागको वशमें करके गोकुलमें इन्द्रके वर्षा करते समय गौओंकी रक्षाके लिये महान् पर्वत गोवर्धनको [illegible] दिन-रात अपने हाथसे छत्रकी भाँति धारण किये रहूँगा। ब्रह्मन्! [illegible] वर्षा बंद हो जायगी, [illegible] पर्वतके शिखरपर आरूढ़ हो मैं इन्द्रके [illegible] संवाद करूँगा ॥

तत्राहं दानवान् हत्वा सुबहून् देवकण्टकान् ॥ ९० ॥
कुशस्थलीं करिष्यामि निवेशं द्वारकां पुरीम्।

वहाँ मैं बहुत-से देवकण्टक दानवोंको मारकर कुशस्थली-को द्वारकापुरीके नामसे बसाऊँगा और उसीमें निवास करूँगा॥

जो शेष तीन प्रकारके भक्त हैं, वे फलकी इच्छा रखनेवाले माने गये हैं। अतः वे सभी नीचे गिरनेवाले होते हैं—पुण्यभोगके अनन्तर स्वर्गादिलोकोंसे च्युत हो जाते हैं, परंतु ज्ञानी भक्त सर्वश्रेष्ठ फल (भगवत्प्राप्ति) का भागी होता है ॥

ब्रह्माणं शितिकण्ठं च याश्चान्या देवताः स्मृताः ।
प्रबुद्धचर्याः सेवन्तो मामेवैष्यन्ति यत् परम् ॥ ३६ ॥

ज्ञानी भक्त ब्रह्मा, शिव तथा दूसरे देवताओंकी निष्काम भावसे सेवा करते हुए भी अन्तमें मुझ परमात्माको ही प्राप्त होते हैं ॥ ३६ ॥

भक्तं प्रति विशेषस्ते एष पार्थानुकीर्तितः ।
त्वं चैवाहं च कौन्तेय नरनारायणौ स्मृतौ ॥ ३७ ॥
भारावतरणार्थं तु प्रविष्टौ मानुषीं तनुम् ।

पार्थ ! यह मैंने तुमसे भक्तोंका अन्तर बतलाया है। कुन्तीनन्दन ! तुम और मैं दोनों ही नर-नारायण नामक ऋषि हैं और पृथ्वीका भार उतारनेके लिये हमने मानव-शरीरमें प्रवेश किया है॥

जानाम्यध्यात्मयोगांश्च योऽहं यस्माच्च भारत ॥ ३८ ॥
निवृत्तिलक्षणो धर्मस्तथाऽऽभ्युदयिकोऽपि च ।
नराणामयनं ख्यातमहमेकः सनातनः ॥ ३९ ॥

भारत ! मैं अध्यात्मयोगोंको जानता हूँ तथा मैं कौन हूँ और कहाँसे आया हूँ—इस बातका भी मुझे ज्ञान है। लौकिक अभ्युदयका साधक प्रवृत्तिधर्म और निःश्रेयस प्रदान करनेवाला निवृत्तिधर्म भी मुझसे अज्ञात नहीं है। एकमात्र मैं सनातन पुरुष ही सम्पूर्ण मनुष्योंका सुविख्यात आश्रयभूत नारायण हूँ ॥ ३८-३९ ॥

आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः ।
अयनं मम तत् पूर्वमतो नारायणो ह्यहम् ॥ ४० ॥

नरसे उत्पन्न होनेके कारण जलको नार कहा गया है। वह नार (जल) पहले मेरा अयन (निवासस्थान) था; इसलिये ही मैं 'नारायण' कहलाता हूँ ॥ ४० ॥

छादयामि जगद् विश्वं भूत्वा सूर्य इवांशुभिः ।
सर्वभूताधिवासश्च वासुदेवस्ततो ह्यहम् ॥ ४१ ॥

(जो सबमें व्याप्त हो अथवा जो किसीका निवासस्थान हो, उसे 'वासु' कहते हैं।) मैं ही सूर्यरूप धारण करके अपनी किरणोंसे सम्पूर्ण जगत्‌को आच्छादित करता हूँ तथा मैं ही सम्पूर्ण प्राणियोंका वासस्थान हूँ; इसलिये मेरा नाम 'वासुदेव' है ॥

गतिश्च सर्वभूतानां प्रजनश्चापि भारत ।
व्याप्ता मे रोदसी पार्थ कान्तिश्चाभ्यधिका मम ॥ ४२ ॥
अधिभूतानि चान्तेषु तदिच्छंश्चास्मि भारत ।
क्रमणाच्चाप्यहं पार्थ विष्णुरित्यभिसंज्ञितः ॥ ४३ ॥

भारत ! मैं सम्पूर्ण प्राणियोंकी गति और उत्पत्तिका स्थान हूँ। पार्थ ! मैंने आकाश और पृथ्वीको व्याप्त कर रक्खा है। मेरी कान्ति सबसे बढ़कर है। भरतनन्दन ! सम्पूर्ण प्राणी अन्तकालमें जिस ब्रह्मको पानेकी इच्छा करते हैं, वह भी मैं ही हूँ। कुन्तीकुमार ! मैं सबका अतिक्रमण करके स्थित हूँ। इन सभी कारणोंसे मेरा नाम 'विष्णु' हुआ है* ॥ ४२-४३ ॥

दमात् सिद्धिं परीप्सन्तो मां जनाः कामयन्ति ह ।
दिवं चोर्वीं च मध्यं च तस्माद् दामोदरो ह्यहम् ॥ ४४ ॥

मनुष्य दम (इन्द्रियसंयम) के द्वारा सिद्धि पानेकी इच्छा करते हुए मुझे पाना चाहते हैं तथा दमके द्वारा ही वे पृथ्वी, स्वर्ग एवं मध्यवर्ती लोकोंमें ऊँची स्थिति पानेकी अभिलाषा करते हैं, इसलिये मैं 'दामोदर' कहलाता हूँ (दम एव दामः तेन उदीर्यति—उन्नतिं प्राप्नोति यस्मात् स दामोदरः—यह दामोदर शब्दकी व्युत्पत्ति है) ॥ ४४ ॥

पृश्निरित्युच्यते चान्नं वेद आपोऽमृतं तथा ।
ममैतानि सदा गर्भः पृश्निगर्भस्ततो ह्यहम् ॥ ४५ ॥

अन्न, वेद, जल और अमृतको पृश्नि कहते हैं। ये सदा मेरे गर्भमें रहते हैं; इसलिये मेरा नाम 'पृश्निगर्भ' है ॥

ऋषयः प्राहुरेवं मां त्रितं कूपनिपातितम् ।
पृश्निगर्भ त्रितं पाहीत्येकतद्वितपातितम् ॥ ४६ ॥
ततः स ब्रह्मणः पुत्र आद्यो ह्युषिवरस्त्रितः ।
उत्ततारोदपानाद् वै पृश्निगर्भानुकीर्तनात् ॥ ४७ ॥

* 'विच्छ गतौ' (तुदादि), 'विच्छ दीप्तौ' (चुरादि), 'विषु सेचने' (भ्वादि), 'विष्लृ व्याप्तौ' (जुहोत्यादि), 'विश प्रवेशने' (तुदादि), 'ष्णु प्रस्रवणे' (अदादि)—इन सभी धातुओंसे 'विष्णु' शब्दकी सिद्धि होती है, अतः गति, दीप्ति, सेचन, व्याप्ति, प्रवेश तथा प्रस्रवण—ये सभी अर्थ 'विष्णु' शब्दमें निहित हैं।

जब त्रितमुनि अपने भाइयोंद्वारा कुएँमें गिरा दिये गये, उस समय ऋषियोंने मुझसे इस प्रकार प्रार्थना की--'पृश्निगर्भ ! एकत और द्वितके गिराये हुए त्रितको डूबनेसे बचाइये।' मेरे पृश्निगर्भ नामका बारंबार कीर्तन करनेसे ब्रह्माजीके आदिपुत्र ऋषिप्रवर त्रित कुएँसे बाहर हो गये॥

सूर्यस्य तपतो लोकानग्नेः सोमस्य चाप्युत ।
अंशवो यत् प्रकाशन्ते ममैते केशसंज्ञिताः ॥ ४८ ॥
सर्वज्ञाः केशवं तस्मान्मामाहुर्द्विजसत्तमाः ।

जगत्‌को तपानेवाले सूर्यकी तथा अग्नि और चन्द्रमाकी जो किरणें प्रकाशित होती हैं, वे सब मेरा केश कहलाती हैं। केशसे युक्त होनेके सर्वज्ञ द्विजश्रेष्ठ मुझे 'केशव' कहते हैं ॥ ४८½ ॥

एवं हि वरदं केशवेति ममार्जुन ।
देवानामथ सर्वेषामृषीणां च महात्मनाम् ॥ ४९ ॥

अर्जुन ! इस मेरा 'केशव' नाम सम्पूर्ण देवताओं और महात्मा ऋषियोंके लिये वरदायक ॥ ४९ ॥

अग्निः सोमेन संयुक्त एकयोनित्वमागतः ।
अग्नीषोममयं तस्माज्जगत् कृत्स्नं चराचरम् ॥ ५० ॥

अग्नि सोमके संयुक्त हो एक योनिको प्राप्त हुए, इसलिये सम्पूर्ण चराचर जगत् अग्नि सोममय है ॥ ५० ॥

अपि हि पुराणे भवति एकयोन्यात्मकावग्नीषोमौ देवाश्चाग्निमुखा इति एकयोनित्वाच्च परस्परमर्हन्तो लोकान् धारयन्त इति ॥ ५१ ॥

पुराणमें यह कहा गया है कि अग्नि और सोम एकयोनि हैं सम्पूर्ण देवताओंके मुख अग्नि हैं। एकयोनि होनेके ये एक दूसरेको आनन्द प्रदान करते और लोकोंको धारण करते हैं ॥ ५१ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीये एकचत्वारिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३४१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणकी महिमाविषयक तीन सौ इकतालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३४१ ॥

द्विचत्वारिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

सृष्टिकी प्रारम्भिक अवस्थाका वर्णन, ब्राह्मणोंकी हिमा बतानेवाली अनेक प्रकारकी संक्षिप्त कथाओं-का उल्लेख, भगवन्नामोंके हेतु तथा रुद्रके होनेवाले युद्धमें नारायणकी विजय

अर्जुन उवाच

अग्नीषोमौ कथं पूर्वमेकयोनी प्रवर्तितौ ।
एष मे संशयो जातस्तं छिन्धि मधुसूदन ॥ १ ॥

अर्जुनने पूछा--मधुसूदन ! अग्नि और सोम पूर्वकालमें एकयोनि कैसे हो गये ? मेरे मनमें यह संदेह उत्पन्न हुआ है। आप इसका निवारण कीजिये ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच

हन्त ते वर्तयिष्यामि पुराणं पाण्डुनन्दन ।
आत्मतेजोद्भवं पार्थ शृणुष्वैकमना ॥ २ ॥

श्रीभगवान् बोले--पाण्डुनन्दन ! कुन्तीकुमार ! अपने तेजके उद्भवका प्राचीन वृत्तान्त मैं तुम्हें हर्षपूर्वक बताऊँगा। तुम एकचित्त होकर मुझसे सुनो ॥ २ ॥

सम्प्रक्षालनकालेऽतिक्रान्ते चतुर्युगसहस्रान्ते अव्यक्ते सर्वभूते प्रलये सर्वभूतस्थावरजङ्गमे ज्योतिर्धरणिवायुरहितेऽन्धे तमसि जलैकार्णवे लोके ॥ ३ ॥

एक सहस्र चतुर्युग बीत जानेपर सम्पूर्ण लोकोंके लिये प्रलयकाल आ पहुँचा । भूतोंका अव्यक्तमें लय हो गया था। स्थावर-जङ्गम सभी प्राणी विलीन हो गये थे। पृथ्वी, तेज और वायुका कहीं पता नहीं था। चारों ओर घोर अन्धकार छा रहा तथा समस्त संसार एकार्णवके जलमें निमग्न हो चुका था ॥ ३ ॥

आप इत्येवं ब्रह्मभूतसंज्ञकेऽद्वितीये प्रतिष्ठिते ॥ ४ ॥

और केवल ही-जल स्थित । दूसरा कोई तत्त्व नहीं दिखायी देता था, मानो एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म अपनी महिमामें प्रतिष्ठित हो ॥ ४ ॥

न वै रात्र्यां न दिवसे सति नासति न व्यक्ते न चाप्यव्यक्ते व्यवस्थिते ॥ ५ ॥

उस समय न रात थी, न दिन। न सत् था, न असत्। न व्यक्त था और न अव्यक्तकी ही स्थिति थी ॥ ५ ॥

एवमस्यां व्यवस्थायां नारायणगुणाश्रयादजराम-रादनिन्द्रियादग्राह्यादसम्भवात् सत्यादहिंस्राल्ललामाद् विविधप्रवृत्तिविशेषाद्वैरादक्षयादमरादजरादमूर्तितः सर्वव्यापिनः सर्वकर्तुः शाश्वतस्तमसात् पुरुषः प्रादुर्भूतो हरिरव्ययः ॥ ६ ॥

इस अवस्थामें नारायणके गुणोंका आश्रय लेकर रहनेवाले अजर, अमर, इन्द्रियरहित, अग्राह्य, असम्भव, सत्य स्वरूप, हिंसारहित, सुन्दर, नाना प्रकारकी विशेष प्रवृत्तियोंके हेतुभूत, वैररहित, अक्षय, अमर, जरारहित, निराकार, सर्व-व्यापी तथा सर्वकर्ता तत्त्वसे विनाशी सनातन पुरुष हरिका प्रादुर्भाव हुआ ॥ ६ ॥

निदर्शनमपि भवति ॥ ॥

इस विषयमें श्रुतिका यह दृष्टान्त भी है ॥ ॥

नासीदहो रात्रिरासीच्च सदासीन्नासदासीत् एव पुरस्तादभवद् विश्वरूपम् । सा विश्वरूपस्य रजनी हि एवमस्यार्थोऽनुभाष्यः ॥ ८ ॥

[illegible] प्रलयकालमें न दिन था न रात थी, न सत् था न असत् था, केवल [illegible] ही सामने था। वही सर्वरूप हो रहा था। यही विश्वात्माकी रात्रि है। इस प्रकार इस श्रुतिका अर्थ कहना और समझना चाहिये ॥ ८ ॥

तस्येदानीं तमसः सम्भवस्य पुरुषस्य ब्रह्मयोनेर्ब्रह्मणः प्रादुर्भावे स पुरुषः [illegible] सिसृक्षमाणो नेत्राभ्यामग्नीषोमौ ससर्ज । ततो भूतसर्गेषु सृष्टेषु प्रजाक्रमवशाद् ब्रह्मक्षत्रमुपातिष्ठत्। [illegible] सोमस्तद् ब्रह्म यद् ब्रह्म ते ब्राह्मणा योऽग्निस्तत् क्षत्रं क्षत्राद् [illegible] बलवत्तरम्। कस्मादिति लोकप्रत्यक्षगुणमेतत्तद्यथा। ब्राह्मणेभ्यः परं भूतं नोत्पन्नपूर्वं दीप्यमानेऽग्नौ जुहोति । यो ब्राह्मणमुखे जुहोतीति कृत्वा ब्रवीमि भूतसर्गः कृतो ब्रह्मणा भूतानि च प्रतिष्ठाप्य त्रैलोक्यं धार्यत इति मन्त्रवादोऽपि हि भवति ॥ ९ ॥

उस समय उस मायाविशिष्ट ईश्वरसे [illegible] हुए [illegible] ब्रह्मयोनि पुरुषसे जब ब्रह्माजीका प्रादुर्भाव हुआ, तब उस पुरुषने प्रजासृष्टिकी इच्छासे अपने नेत्रोंद्वारा अग्नि और सोमको उत्पन्न किया। इस प्रकार भौतिक सर्गकी सृष्टि हो जानेपर प्रजाकी उत्पत्तिके समय क्रमशः ब्रह्म और क्षत्रका प्रादुर्भाव हुआ। जो सोम है, वही ब्रह्म है और जो ब्रह्म है, वही ब्राह्मण। जो अग्नि है, वही क्षत्र या क्षत्रिय जाति है। क्षत्रियसे ब्राह्मण जाति अधिक प्रबल है। यदि कहो कैसे? तो इसका उत्तर यह है कि ब्राह्मणकी यह प्रबलताका गुण सब लोगोंको [illegible] है। यथा ब्राह्मणसे बढ़कर कोई प्राणी पहले कभी उत्पन्न नहीं हुआ। जो ब्राह्मणके मुखमें भोजन देता है, वह मानो प्रज्वलित अग्निमें आहुति प्रदान [illegible] है। यही सोचकर मैं ऐसा कहता हूँ। ब्रह्माने भूतोंकी सृष्टि की और सम्पूर्ण भूतोंको यथास्थान स्थापित करके वे तीनों लोकोंको धारण करते हैं। यह मन्त्रवाक्य भी इसी बातका समर्थक है॥ ९॥

त्वमग्ने यज्ञानां होता विश्वेषां हितो देवानां मानुषाणां च [illegible] इति ॥ १० ॥

अग्ने! तुम यज्ञोंके होता तथा सम्पूर्ण देवताओं, मनुष्यों और सारे जगत्के हितैषी हो ॥ १० ॥

निदर्शनं चात्र भवति विश्वेषामग्ने यज्ञानां त्वं होतेति। त्वं हितो देवैर्मनुष्यैर्जगत इति ॥ ११ ॥

इस विषयमें यह दृष्टान्त भी है—हे अग्निदेव! तुम सम्पूर्ण यज्ञोंके होता हो। समस्त देवताओं तथा मनुष्योंसहित जगत्के हितैषी हो ॥ ११ ॥

अग्निर्हि यज्ञानां होता कर्ता स चाग्निर्ब्रह्म ॥१२॥

अग्निदेव यज्ञोंके होता और कर्ता हैं। वे अग्निदेव [illegible] है ॥ १२ ॥

न ह्यृते मन्त्राणां हवनमस्ति न विना पुरुषं तपः सम्भवति। हविर्मन्त्राणां सम्पूजा विद्यते देवमानुषऋषीणामनेन त्वं होतेति नियुक्तः। ये च मानुषहोत्राधिकारास्ते [illegible] ब्राह्मणस्य हि याजनं विधीयते न क्षत्रवैश्ययोर्द्विजात्योस्तस्माद् ब्राह्मणा ह्यग्निभूता यज्ञानुद्वहन्ति। यज्ञास्ते देवांस्तर्पयन्ति देवाः पृथिवीं भावयन्ति शतपथेऽपि हि ब्राह्मणमुखे भवति ॥१३॥

क्योंकि मन्त्रोंके बिना हवन नहीं होता और पुरुषके बिना [illegible] सम्भव नहीं होती। हविष्ययुक्त मन्त्रोंके सम्बन्धसे देवताओं, मनुष्यों और ऋषियोंकी पूजा होती है; इसलिये हे अग्निदेव! [illegible] होता नियुक्त किये गये हो। मनुष्योंमें जो होताके अधिकारी हैं, वे ब्राह्मणके ही हैं; क्योंकि उसीके लिये [illegible] करानेका विधान है। द्विजातियोंमें जो क्षत्रिय और वैश्य हैं, उन्हें यज्ञ करानेका अधिकार नहीं है; इसलिये अग्निस्वरूप [illegible] ही यज्ञोंका भार वहन करते हैं। वे यज्ञ देवताओंको तृप्त करते हैं और देवता भूमण्डलको धन-धान्यसे सम्पन्न बनाते हैं। शतपथ ब्राह्मणमें भी ब्राह्मणके मुखमें आहुति देनेकी बात कही गयी है ॥ १३ ॥

अग्नौ समिद्धे स जुहोति यो विद्वान् ब्राह्मणमुखेनाहुतिं जुहोति ॥ १४ ॥

जो विद्वान् ब्राह्मणके मुखरूपी अग्निमें अन्नकी आहुति देता है, [illegible] मानो प्रज्वलित अग्निमें होम करता है ॥ १४ ॥

एवमप्यग्निभूता ब्राह्मणा विद्वांसोऽग्निं भावयन्ति। अग्निर्विष्णुः सर्वभूतान्यनुप्रविश्य [illegible] धारयति ॥ १५ ॥

इस प्रकार ब्राह्मण अग्निस्वरूप हैं। विद्वान् ब्राह्मण अग्निकी आराधना करते हैं। अग्निदेव विष्णु हैं। वे समस्त प्राणियोंके भीतर प्रवेश करके उनके प्राणोंको धारण करते हैं॥

अपि चात्र सनत्कुमारगीताः श्लोका भवन्ति—

[illegible] विश्वं सृजत् पूर्वं सर्वादिर्निरवस्करम्।
ब्रह्मघोषैर्दिवं यान्त्यमरा ब्रह्मयोनयः ॥ १६ ॥

इसके सिवा इस विषयमें सनत्कुमारजीके द्वारा गाये हुए श्लोक भी उपलब्ध होते हैं। सबके आदिकारण ब्रह्माजीने (जो ब्राह्मण ही हैं) पहले निर्मल विश्वकी सृष्टि की थी। [illegible] जिनकी उत्पत्तिके [illegible] हैं, वे अमर देवता ब्राह्मणोंकी वेदध्वनिसे ही स्वर्गलोकको जाते हैं ॥ १६ ॥

ब्राह्मणानां मतिर्वाक्यं कर्म श्रद्धा तपांसि च।
धारयन्ति महीं द्यां च शैक्यो वागमृतं तथा ॥ १७ ॥

जैसे छींका दूध, दही आदिको धारण करता है, उसी प्रकार ब्राह्मणोंकी बुद्धि, वाक्य, कर्म, श्रद्धा, [illegible] और वचनामृत पृथ्वी और स्वर्गको धारण करते हैं ॥ १७ ॥

नास्ति सत्यात् परो धर्मो नास्ति मातृसमो गुरुः।
ब्राह्मणेभ्यः परं नास्ति प्रेत्य चेह च भूतये ॥ १८ ॥

सत्यसे बढ़कर दूसरा धर्म नहीं है। माताके समान दूसरा कोई गुरु नहीं है तथा ब्राह्मणोंसे बढ़कर इहलोक और पर-

लोकमें कल्याण करनेवाला और कोई नहीं है ॥ १८ ॥

नैषामुक्षा वहति नोत वाहा
न गर्गरो मथ्यति सम्प्रदाने।
अपध्वस्ता दस्युभूता भवन्ति
येषां राष्ट्रे [illegible] वृत्तिहीनाः ॥ १९ ॥

जिनके राज्यमें ब्राह्मणोंके लिये कोई आजीविका न हो, [illegible] राजाओंकी सवारी, बैल और घोड़े नहीं रहते, दूसरोंको देनेके लिये उनके यहाँ दही-दूधके मटके नहीं मथे जाते हैं तथा वे अपनी मर्यादासे [illegible] होकर लुटेरे हो जाते हैं ॥ १९ ॥

वेदपुराणेतिहासप्रामाण्यान्नारायणमुखोद्गताः
सर्वात्मानः सर्वकर्तारः सर्वभावाश्च ब्राह्मणाश्च ॥ २० ॥

वेद, पुराण और इतिहासके प्रमाणसे यह सिद्ध है कि ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति भगवान् नारायणके मुखसे हुई है; [illegible] वे ब्राह्मण सर्वात्मा, सर्वकर्ता और सर्वभावस्वरूप हैं ॥ २० ॥

वाक्संयमकाले हितस्य वरप्रदस्य देवदेवस्य [illegible] प्रथमं प्रादुर्भूता ब्राह्मणेभ्यश्च शेषा वर्णाः प्रादुर्भूताः ॥ २१ ॥

वाणीके संयमकालमें सबके हितैषी, वरदाता, देवाधिदेव ब्रह्माजीके द्वारा सबसे पहले [illegible] हुए। फिर ब्राह्मणोंसे शेष वर्णोंका प्रादुर्भाव हुआ ॥ २१ ॥

इत्थं च सुरासुरविशिष्टा ब्राह्मणा य[illegible] मया ब्रह्मभूतेन पुरा स्वयमेवोत्पादिताः सुरासुरमहर्षयो भूतविशेषाः स्थापिता निगृहीताश्च ॥ २२ ॥

इस प्रकार ब्राह्मण देवताओं और असुरोंसे भी श्रेष्ठ हैं। पूर्वकालमें मैंने स्वयं ही ब्रह्मारूप होकर [illegible] ब्राह्मणोंको उत्पन्न किया था। देवता, असुर और महर्षि आदि जो भूतविशेष हैं, उन्हें ब्राह्मणोंने ही उनके अधिकारपर स्थापित किया और उनके [illegible] अपराध होनेपर उन्हें दण्ड भी दिया ॥ २२ ॥

अहल्याधर्षणनिमित्तं हि गौतमाद्धरिश्मश्रुतामिन्द्रः प्राप्तः कौशिकनिमित्तं चेन्द्रो मुष्कवियोगं मेषवृषणत्वं [illegible] ॥ २३ ॥

अहल्यापर बलात्कार करनेके [illegible] गौतमके शापसे इन्द्रको हरिश्मश्रु (हरी दाढ़ी-मूछोंसे युक्त) होना पड़ा तथा विश्वामित्रके शापसे इन्द्रको अपना अण्डकोष खो देना पड़ा और उनके मेढ़ेके अण्डकोष जोड़े गये ॥ २३ ॥

अश्विनोर्ग्रहप्रतिषेधोद्यतवज्रस्य पुरन्दरस्य च्यवनेन स्तम्भितौ [illegible] ॥ २४ ॥

अश्विनीकुमारोंके लिये नियत यज्ञभागका निषेध करनेके [illegible] उठाये हुए इन्द्रकी दोनों भुजाओंको महर्षि च्यवनने स्तम्भित [illegible] दिया [illegible] ॥ २४ ॥

क्रतुवधप्राप्तमन्युना च दक्षेण भूयस्तपसा चात्मानं संयोज्य नेत्राकृतिरन्या ललाटे रुद्रस्योत्पादिता ॥ २५ ॥

इसी प्रकार [illegible] प्रजापतिने रुद्रद्वारा किये गये अपने यज्ञके विध्वंससे कुपित हो बड़ी भारी तपस्या की और रुद्रदेवके ललाटमें एक तीसरा नेत्र-चिह्न प्रकट कर दिया था ॥

त्रिपुरवधार्थं दीक्षामुपगतस्य रुद्रस्य उशनसा [illegible] शिरस उत्कृत्य प्रयुक्तास्ततः प्रादुर्भूता भुजगास्तैरस्य भुजगैः पीड्यमानः कण्ठो नीलतामुपगतः पूर्वे च मन्वन्तरे स्वायम्भुवे नारायणहस्तग्रहणान्नीलकण्ठत्वमेव च ॥ २६ ॥

जिस [illegible] रुद्रने त्रिपुरनिवासी दैत्योंके वधके लिये दीक्षा ली थी, उस समय शुक्राचार्यने अपने मस्तकसे जटाएँ उखाड़कर उन्हींका महादेवजीपर प्रयोग किया। फिर तो उन जटाओं[illegible] बहुतेरे सर्प उत्पन्न हुए, जिन्होंने रुद्रदेवके कण्ठमें डँसना आरम्भ किया। इससे [illegible] कण्ठ नीला हो गया तथा पहले स्वायम्भुव मन्वन्तरमें नारायणने अपने हाथसे उनका कण्ठ पकड़ा था, इसलिये भी कण्ठका रंग नीला हो जानेसे वे रुद्रदेव नीलकण्ठ हो गये ॥ २६ ॥

अमृतोत्पादने पुरश्चरणतामुपगतस्याङ्गिरसो बृहस्पतेरुपस्पृशतो न प्रसादं गतवत्यः किलापः, [illegible] बृहस्पतिरपां चुक्रोध यस्मान्ममोपस्पृशतः कलुषीभूता न च प्रसादमुपगतास्तस्मादद्यप्रभृति झषमकरकच्छपजन्तुभिः कलुषीभवतेति, तदा प्रभृत्यापो यादोभिः संकीर्णाः सम्प्रवृत्ताः ॥ २७ ॥

अङ्गिराके पुत्र बृहस्पतिने अमृत उत्पन्न करनेके समय पुरश्चरण आरम्भ किया। उस समय जब वे आचमन करने लगे, तब [illegible] स्वच्छ नहीं हुआ। इससे बृहस्पति जलके प्रति कुपित हो उठे और बोले—'मेरे आचमन करते समय भी तुम स्वच्छ न हुए, मैले ही बने रह गये; इसलिये आजसे मत्स्य, मकर और कछुए आदि जन्तुओंद्वारा तुम कलुषित होते रहो।' तभीसे सारे जलाशय जलजन्तुओंसे भरे रहने लगे ॥ २७ ॥

विश्वरूपो हि वै त्वाष्ट्रः पुरोहितो देवानामासीत्, स्वस्रीयोऽसुराणां स प्रत्यक्षं देवेभ्यो भागमदात् परोक्षमसुरेभ्यः ॥ २८ ॥

त्वष्टाके पुत्र विश्वरूप देवताओंके पुरोहित थे। वे असुरोंके भानजे लगते थे; अतः देवताओंको प्रत्यक्ष और असुरोंको परोक्षरूपसे यज्ञो[illegible] भाग दिया करते थे ॥ २८ ॥

अथ हिरण्यकशिपुं पुरस्कृत्य विश्वरूपमातरं स्वसारमसुरा वरमयाचन्त हे स्वसरयं ते पुत्रस्त्वाष्ट्रो विश्वरूपस्त्रिशिरा देवानां पुरोहितः प्रत्यक्षं देवेभ्यो भागमदात् परोक्षमस्माकं ततो देवा वर्धन्ते वयं क्षीयामस्तदेनं त्वं वारयितुमर्हसि तथा यथास्मान् भजेदिति ॥ २९ ॥

कुछ कालके अनन्तर हिरण्यकशिपुको आगे करके सब असुर विश्वरूपकी माताके पास गये और उनसे वर माँगने लगे—'बहिन ! यह तुम्हारा पुत्र विश्वरूप, जिसके तीन सिर हैं,

देवताओंका पुरोहित बना हुआ है। यह देवताओंको तो प्रत्यक्ष भाग देता है और हमलोगोंको परोक्षरूपसे भाग समर्पित करता है। इससे देवता तो बढ़ते हैं और हमलोग निरन्तर क्षीण होते चले जा रहे हैं। तुम इसे मना कर दो, जिससे यह देवताओंको छोड़कर हमारा पक्ष ग्रहण करे' ॥ २९ ॥

अथ विश्वरूपं नन्दनवनमुपगतं मातोवाच पुत्र किं परपक्षवर्धनस्त्वं मातुलपक्षं नाशयसि नार्हस्येवं कर्तुमिति स विश्वरूपो मातुर्वाक्यमनतिक्रमणीयमिति मत्वा सम्पूज्य हिरण्यकशिपुमगात् ॥ ३० ॥

तब एक दिन माताने नन्दनवनमें गये हुए विश्वरूपसे कहा-'बेटा! क्यों तुम दूसरे पक्षकी वृद्धि करते हुए मामाके पक्षका नाश कर रहे हो? तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिये।' विश्वरूपने माताकी आज्ञाको अलङ्घनीय मानकर उसका सम्मान करके विदा कर दिया और वे स्वयं हिरण्यकशिपुके पास चले गये ॥ ३० ॥

हैरण्यगर्भाच्च वसिष्ठाद्धिरण्यकशिपुः शापं प्राप्तवान् यस्मात् त्वयान्यो वृतो होता तस्मादसमाप्तयज्ञस्त्वमपूर्वात् सत्त्वजाताद् वधं प्राप्स्यसीति तच्छापदानाद्धिरण्यकशिपुः प्राप्तवान् वधम् ॥ ३१ ॥

(हिरण्यकशिपुने उन्हें अपना होता बना लिया)। इधर ब्रह्माजीके पुत्र वसिष्ठकी ओरसे हिरण्यकशिपुको शाप प्राप्त हुआ—'तुमने मेरी अवहेलना करके दूसरा होता चुन लिया है; इसलिये इस यज्ञकी समाप्ति होनेसे पहले ही किसी अभूतपूर्व प्राणीके हाथसे तुम्हारा वध हो जायगा।' वसिष्ठजीके वैसा शाप देनेसे हिरण्यकशिपु वधको प्राप्त हुआ ॥ ३१ ॥

अथ विश्वरूपो मातृपक्षवर्धनोऽत्यर्थं तपस्यभवत् तस्य व्रतभङ्गार्थमिन्द्रो बह्वीःश्रीमत्योऽप्सरसो नियुयोज ताश्च दृष्ट्वा मनः क्षुभितं तस्याभवत् तासु चाप्सरःसु नचिरादेव सक्तोऽभवत् सक्तं चैनं ज्ञात्वा अप्सरस ऊचुर्गच्छामहे वयं यथागतमिति ॥ ३२ ॥

तदनन्तर विश्वरूप मातृपक्षकी वृद्धि करनेके लिये बड़ी भारी तपस्यामें संलग्न हो गये। यह देख उनके व्रतको भङ्ग करनेके लिये इन्द्रने बहुत-सी सुन्दरी अप्सराओंको नियुक्त कर दिया। उन अप्सराओंको देखते ही विश्वरूपका मन चञ्चल हो गया और वे तुरंत ही उनमें आसक्त हो गये। उन्हें आसक्त जानकर अप्सराओंने कहा—'अब हमलोग जहाँसे आयी हैं, वहीं जा रही हैं' ॥ ३२ ॥

तास्त्वाष्ट्र उवाच क्व गमिष्यथास्यतां तावन्मया सह श्रेयो भविष्यतीति तास्तमब्रुवन् वयं देवस्त्रियोऽप्सरस इन्द्रं देवं वरदं पुरा प्रभविष्णुं वृणीमह इति ॥ ३३ ॥

तब त्वष्टाके पुत्र विश्वरूपने उनसे कहा-'कहाँ जाओगी? अभी यहीं मेरे साथ रहो। इससे तुम्हारा भला होगा।' यह सुनकर वे अप्सराएँ बोलीं-'हम सब देवाङ्गना-अप्सराएँ हैं। हमने पहलेसे ही वरदायक देवता प्रभावशाली इन्द्रका वरण कर लिया है' ॥ ३३ ॥

अथ ता विश्वरूपोऽब्रवीदद्यैव सेन्द्रा देवा न भविष्यन्तीति ततो मन्त्रान् जजाप तैर्मन्त्रैरवर्धत त्रिशिरा एकेनास्येन सर्वलोकेषु यथावद् द्विजैः क्रियावद्भिर्यज्ञेषु सुहुतं सोमं पपावेकेनान्नमेकेन सेन्द्रान् देवानथेन्द्रस्तं विवर्धमानं सोमपानाप्यायितसर्वगात्रं दृष्ट्वा चिन्तामापेदे सह देवैः ॥ ३४ ॥

तब विश्वरूपने उनसे कहा-'आज ही इन्द्र आदि सम्पूर्ण देवताओंका अभाव हो जायगा।' ऐसा कहकर वे मन्त्रोंका जप करने लगे। उन मन्त्रोंसे उनकी शक्ति बहुत बढ़ गयी। तीन सिरोंवाले विश्वरूप अपने एक मुखसे सारे संसारके क्रियानिष्ठ ब्राह्मणोंद्वारा विधिपूर्वक यज्ञोंमें होमे गये सोमरसको पी लेते थे, दूसरेसे अन्न खाते थे और तीसरेसे इन्द्र आदि देवताओंके तेजको पी लेते थे। इन्द्रने देखा, विश्वरूपका सारा शरीर सोमपानसे परिपुष्ट हो रहा है। यह देखकर देवताओं सहित इन्द्रको बड़ी चिन्ता हुई ॥ ३४ ॥

ते देवाः सेन्द्रा ब्रह्माणमभिजग्मुरूचुश्च विश्वरूपेण सर्वयज्ञेषु सुहुतः सोमः पीयते वयमभागाः संवृत्ता असुरपक्षो वर्धते वयं क्षीयामस्तदर्हसि नो विधातुं श्रेयोऽनन्तरमिति ॥ ३५ ॥

तदनन्तर इन्द्रसहित सम्पूर्ण देवता ब्रह्माजीके पास गये और इस प्रकार बोले-'भगवन्! विश्वरूप सम्पूर्ण यज्ञोंमें विधिपूर्वक होमे गये सोमरसको पी लेते हैं। हम यज्ञभागसे वञ्चित हो गये। असुरपक्ष बढ़ रहा है और हमलोग क्षीण होते जा रहे हैं; अतः आपको अब हमलोगोंका कल्याण साधन करना चाहिये' ॥ ३५ ॥

तान् ब्रह्मोवाच ऋषिर्भार्गवस्तपस्तप्यते दधीचः स याच्यतां वरं स यथा कलेवरं जह्यात् तस्य विधीयतां तस्यास्थिभिर्वज्रं क्रियतामिति ॥ ३६ ॥

तब ब्रह्माजीने उन देवताओंसे कहा—'भृगुवंशी दधीचि ऋषि तपस्या करते हैं। उनके पास जाकर ऐसा वर माँगो, जिससे वे अपने शरीरको त्याग दें। फिर उन्हींकी हड्डियोंसे वज्र नामक अस्त्रका निर्माण करो' ॥ ३६ ॥

ततो देवास्तत्रागच्छन् यत्र दधीचो भगवानृषिस्तपस्तेपे सेन्द्रा देवास्तं तथाभिगम्योचुर्भगवंस्तपः सुकुशलमविघ्नं चेति ॥ ३७ ॥

तब देवता वहाँ गये, जहाँ भगवान् दधीचि ऋषि तपस्या करते थे। इन्द्रसहित सम्पूर्ण देवता उनके निकट जाकर इस प्रकार बोले-'भगवन्! आपकी तपस्या सकुशल चल रही है न? उसमें कोई बाधा तो नहीं आती है?' ॥ ३७ ॥

तान् दधीच उवाच स्वागतं भवद्भ्यः उच्यतां किं क्रियतामिति यद् वक्ष्यथ तत् करिष्यामि ॥ ३८ ॥

दधीचिने इन देवताओंसे कहा—'आपलोगोंका स्वागत है। बताइये, मैं आपकी क्या सेवा करूँ ? आप जो कहेंगे, वही करूँगा' ॥ ३८ ॥

ते तमब्रुवञ्शरीरपरित्यागं लोकहितार्थं भग-[illegible] कर्तुमर्हतीति ॥ ३९ ॥

देवता बोले—'भगवन् ! आप लोकहितके लिये अपने शरीरका परित्याग कर दें' ॥ ३९ ॥

अथ दधीचस्तथैवाविमनाः सुखदुःखसमो महा-योगी आत्मानं समाधाय शरीरपरित्यागं चकार ॥ ४० ॥

यह सुनकर दधीचिके मनमें पूर्ववत् उत्साह बना रहा, तनिक भी उदासी नहीं हुई। वे सुख और दुःखमें समान भाव रखनेवाले महान् योगी थे। उन्होंने आत्माको परमात्मामें लगाकर अपने शरीरका परित्याग कर दिया ॥ ४० ॥

[illegible] परमात्मन्यपसृते तान्यस्थीनि धाता संगृह्य वज्रमकरोत् तेन वज्रेणाभेद्येनाप्रधृष्येण ब्रह्मास्थिसम्भूतेन विष्णुप्रविष्टेनेन्द्रो विश्वरूपं जघान शिरसां चास्य च्छेदनमकरोत् तस्मादनन्तरं विश्वरूपगात्रमथन-सम्भवं त्वष्ट्रोत्पादितमेवारिं वृत्रमिन्द्रो जघान ॥ ४१ ॥

उनके परमात्मामें लीन हो जानेपर उनकी उन अस्थियोंका संग्रह करके धाताने वज्रास्त्रका निर्माण किया। ब्राह्मणकी हड्डीसे बने हुए उस अभेद्य एवं दुर्जय वज्रसे, जिसमें भगवान् विष्णु प्रविष्ट हुए थे, इन्द्रने विश्वरूपका वध कर डाला और उनके तीनों सिरोंको काट दिया। तदनन्तर त्वष्टा प्रजापतिने विश्वरूपके शरीरका मन्थन करके जिसे उत्पन्न किया था, उस अपने वैरी वृत्रासुरका भी इन्द्रने उसी वज्रसे संहार कर डाला ॥

तस्यां द्वैधीभूतायां ब्रह्मवध्यायां भयादिन्द्रो देव-राज्यं पर्यत्यजदप्सु सम्भवां च शीतलां मानससरो-गतां नलिनीं प्रतिपेदे तत्र चैश्वर्ययोगादणुमात्रो भूत्वा बिसग्रन्थिं प्रविवेश ॥ ४२ ॥

[illegible] इन्द्रके पास दोहरी ब्रह्महत्या उपस्थित हुई। उसके भयसे इन्द्रने देवराजपदका परित्याग [illegible] दिया और मानसरोवरके जलमें उत्पन्न हुई एक शीतल कमलिनीके पास जा पहुँचे। वहाँ अणिमा आदि ऐश्वर्यके योगसे इन्द्र अणुमात्र रूप धारण करके कमलनालकी ग्रन्थिमें प्रविष्ट हो गये ॥ ४२ ॥

अथ ब्रह्मवध्याभयप्रणष्टे त्रैलोक्यनाथे शचीपतौ जगदनीश्वरं बभूव देवान् रजस्तमश्चाविवेश मन्त्रा [illegible] प्रावर्तन्त महर्षीणां रक्षांसि प्रादुरभवन् [illegible] चो-त्सादनं जगामानिन्द्राश्चाबला लोकाः सुप्रधृष्या बभूवुः ॥ ४३ ॥

ब्रह्महत्याके भयसे त्रिलोकीनाथ शचीपति इन्द्रके भागकर [illegible] हो जानेपर इस जगत्का कोई ईश्वर नहीं रहा। देवताओंमें रजोगुण और तमोगुणका आवेश हो गया। महर्षियोंके मन्त्र अब कुछ [illegible] नहीं दे रहे थे। राक्षस बढ़ गये। वेदोंका स्वाध्याय बंद हो गया। तीनों लोक इन्द्रसे अरक्षित होनेके कारण निर्बल एवं सुगमतासे जीत लेने योग्य हो गये ॥ ४३ ॥

[illegible] देवा ऋषयश्चायुषः पुत्रं नहुषं नाम देव-राज्येऽभिषिषिचुर्नहुषः पञ्चभिः शतैर्ज्योतिषां ललाटे ज्वलद्भिः सर्वतेजोहरैस्त्रिविष्टपं पालयांबभूव ॥ ४४ ॥

तदनन्तर देवताओं और ऋषियोंने आयुके पुत्र नहुषको देवराजके पदपर अभिषिक्त कर दिया। नहुषके ललाटमें [illegible] प्राणियोंके तेजको हर लेनेवाली पाँच सौ प्रज्वलित ज्योतियाँ जगमगाती रहती थीं। उनके द्वारा वे स्वर्गके राज्यका पालन करने लगे ॥ ४४ ॥

[illegible] लोकाः प्रकृतिमापेदिरे स्वस्थाश्च हृष्टाश्च बभूवुः ॥ ४५ ॥

ऐसा होनेपर सब लोग स्वाभाविक स्थितिमें आ गये। सभी स्वस्थ एवं प्रसन्न हो गये ॥ ४५ ॥

अथोवाच नहुषः सर्वं मां शक्रोपभुक्तमुपस्थितं ऋते शचीमिति स एवमुक्त्वा शचीसमीपमगमदु-वाचैनां सुभगेऽहमिन्द्रो देवानां भजस्व मामिति तं शची प्रत्युवाच प्रकृत्या त्वं धर्मवत्सलः सोमवंशो-द्भवश्च नार्हसि परपत्नीधर्षणं कर्तुमिति ॥ ४६ ॥

कुछ कालके पश्चात् नहुषने देवताओंसे कहा—'इन्द्रके उपभोगमें आनेवाली अन्य सारी वस्तुएँ तो मेरी सेवामें उपस्थित हैं। केवल शची मुझे नहीं मिली है।' ऐसा कहकर वे शचीके पास गये और उनसे बोले—'सौभाग्यशालिनि ! मैं देवताओंका राजा इन्द्र हूँ। मेरी सेवा स्वीकार करो।' शचीने उत्तर दिया—'महाराज ! आप स्वभावसे ही धर्मवत्सल और चन्द्रवंशके रत्न हैं। आपको परायी स्त्रीका बलात्कार नहीं करना चाहिये' ॥ ४६ ॥

तामथोवाच नहुषः ऐन्द्रं पदमध्यास्यते मया-ऽहमिन्द्रस्य राज्यरत्नहरो नात्राधर्मः कश्चित् त्वमिन्द्रोप-भुक्तेति सा तमुवाचास्ति [illegible] किंचिद् व्रतमपर्यवसितं तस्यावभृथे त्वामुपगमिष्यामि कैश्चिदेवाहोभिरिति स शच्यैवमभिहितो [illegible] ॥ ४७ ॥

तब नहुषने शचीसे कहा—'देवि ! इस समय मैं इन्द्रपद-पर प्रतिष्ठित हूँ। इन्द्रके राज्य और रत्न दोनोंका अधिकारी हो गया हूँ; अतः तुम्हारे साथ समागम करनेमें कोई अधर्म नहीं है; क्योंकि तुम इन्द्रके उपभोगमें आयी हुई वस्तु हो।' यह सुनकर शचीने कहा—'महाराज ! मैंने एक व्रत ले रक्खा है। वह अभी समाप्त नहीं हुआ है। उसकी समाप्ति हो जानेपर कुछ ही दिनोंमें मैं आपकी सेवामें उपस्थित होऊँगी।' शचीके ऐसा कहनेपर नहुष चले गये ॥ ४७ ॥

[illegible] शची दुःखशोकार्ता भर्तृदर्शनलालसा नहुष-भयगृहीता बृहस्पतिमुपागच्छत् स च तामत्युद्विग्नां दृष्ट्वैव ध्यानं प्रविश्य भर्तृकार्यतत्परां ज्ञात्वा बृहस्पति-

रुवाचानेनैव व्रतेन तपसा चान्विता देवीं वरदामुपश्रुतिमाह्वय तदा सा ते इन्द्रं दर्शयिष्यतीति [illegible] महानियमस्थिता देवीं वरदामुपश्रुतिं मन्त्रैराह्वयति सोपश्रुतिः शचीसमीपमगादुवाच चैनामियमस्मीति त्वयाऽऽहूतोपस्थिता किं ते प्रियं करवाणीति तां मूर्ध्ना प्रणम्योवाच शची भगवत्यर्हसि मे भर्तारं दर्शयितुं त्वं सत्या ऋता चेति सैनां मानसं सरोऽनयत् तत्रेन्द्रं विसग्रन्थिगतमदर्शयत् ॥ ४८ ॥

इसके बाद नहुषके भयसे डरी हुई शची दुःख-शोकसे आतुर तथा पतिके दर्शनके लिये उत्कण्ठित हो बृहस्पतिजीके पास गयीं। उन्हें अत्यन्त उद्विग्न देख बृहस्पतिजीने ध्यानस्थ होकर यह जान लिया कि यह अपने स्वामीके कार्यसाधनमें लगी हुई है। तब उन्होंने शचीसे कहा—'देवि! इसी [illegible] और तपस्यासे सम्पन्न हो तुम वरदायिनी देवी उपश्रुतिका आवाहन करो। तब वह तुम्हे इन्द्रका दर्शन करायेगी।' गुरुका यह आदेश पाकर महान् नियममें तत्पर हुई शचीने मन्त्रोंद्वारा वरदायिनी देवी उपश्रुतिका आह्वान किया। [illegible] उपश्रुतिदेवी शचीके समीप आयी और उनसे इस प्रकार बोलीं—'इन्द्राणी! यह मैं तुम्हारे सामने खड़ी हूँ। तुमने बुलाया और मैं तत्काल उपस्थित हो गयी। बोलो, मैं तुम्हारा कौन-सा प्रिय कार्य करूँ?' शचीने देवीके चरणोंमें [illegible] रखकर प्रणाम किया और कहा—'भगवति! आप मुझे मेरे पतिदेवके दर्शन करानेकी कृपा करें। आप ही ऋत और सत्य हैं।' उपश्रुति शचीको मानसरोवरपर ले गयीं। वहाँ उसने मृणालकी ग्रन्थियोंमें छिपे हुए इन्द्रका उन्हे दर्शन करा दिया ॥ ४८ ॥

तामथ पत्नीं कृशां ग्लानां चेन्द्रो दृष्ट्वा चिन्तयाम्बभूव अहो मम दुःखमिदमुपगतं नष्टं हि मामियमन्विष्य यत्पत्न्यभ्यगमद् दुःखार्तेति तामिन्द्र [illegible] कथं वर्तयसीति सा तमुवाच नहुषो मामाह्वयति पत्नीं कर्तुं कालश्चास्य मया कृत इति तामिन्द्र उवाच गच्छ नहुषस्त्वया वाच्योऽपूर्वेण मामृषियुक्तेन यानेन त्वमधिरूढ उद्वहस्वेति इन्द्रस्य महान्ति वाहनानि सन्ति मनःप्रियाण्यधिरूढानि मया त्वमन्येनोपयातुमर्हसीति सैवमुक्ता [illegible] जगामेन्द्रोऽपि विसग्रन्थिमेवाविवेश भूयः ॥ ४९ ॥

अपनी पत्नी शचीको दुर्बल और दुखी देख इन्द्र मन-ही-मन कहने लगे—'अहो! यह बड़े दुःखकी बात है कि मैं यहाँ छिपा हुआ बैठा हूँ और मेरी यह पत्नी दुःखसे आतुर हो मुझे ढूँढ़ती हुई यहाँतक आयी है।' इस प्रकार खेद प्रकट करके इन्द्रने अपनी पत्नीसे कहा—'देवि! कैसे दिन बिता रही हो?' शची बोली—'प्राणनाथ! राजा नहुष इन्द्र बना बैठा है और मुझे अपनी पत्नी बनानेके लिये बुला रहा है। इसके लिये मुझे कुछ ही दिनोंका समय मिला है और मैंने नियत समयके बाद उसकी बात माननेका वचन दे दिया है।' तब इन्द्रने उनसे कहा 'जाओ और नहुषसे इस प्रकार कहो—'राजन्! आप ऋषियोंसे जुते हुए अपूर्व वाहनपर आरूढ होकर आइये और मुझे अपनी सेवामें ले चलिये। इन्द्रके पास मनको प्रिय लगनेवाले बड़े बड़े वाहन हैं, किंतु उन सबपर मैं आरूढ हो चुकी हूँ, अतः आप उन सबसे भिन्न किसी और ही विलक्षण वाहनसे मेरे पास आइये।'' इन्द्रके इस प्रकार सुझाव देनेपर शची हर्षपूर्वक लौट गयीं और इन्द्र भी पुनः उस कमलनालकी ग्रन्थिमें ही प्रविष्ट हो गये ॥ ४९ ॥

अथेन्द्राणीमभ्यागतां दृष्ट्वा तामुवाच नहुषः पूर्णः [illegible] इति तं शच्यब्रवीच्छक्रेण यथोक्तं स महर्षियुक्तं वाहनमधिरूढः शचीसमीपमुपागच्छत् ॥ ५० ॥

इन्द्राणीको आयी हुई देख नहुषने उससे कहा—'देवि! तुमने जो समय दिया था, वह पूरा हो गया है।' तब शचीने इन्द्रके बताये अनुसार सारी बातें कह सुनायीं। नहुष महर्षियोंसे जुते हुए वाहनपर आरूढ हो शचीके समीप चले ॥

अथ मैत्रावरुणिः कुम्भयोनिरगस्त्य ऋषिवरो महर्षीन् धिक्क्रियमाणांस्तान् नहुषेणापश्यत् पद्भ्यां च तेनास्पृश्यत ततः स नहुषमब्रवीदकार्यप्रवृत्त पाप [illegible] महीं सर्पो भव यावद्भूमिर्गिरयश्च तिष्ठेयुस्तावदिति [illegible] महर्षिवाक्यसमकालमेव तस्माद् यानादवापतत् ॥ ५१ ॥

इसी समय मित्रावरुणके पुत्र कुम्भज मुनिवर अगस्त्यने देखा कि नहुष महर्षियोंको तीव्र गतिसे चलनेके लिये धिक्कार और फटकार रहा है। उसने अगस्त्यके शरीरमें भी दोनों पैरोंसे धक्के दिये। तब अगस्त्यने नहुषसे कहा—'न करने योग्य नीच कर्ममें प्रवृत्त हुए पापी नहुष! तू अभी पृथ्वीपर गिर जा तथा जबतक पृथ्वी और पर्वत स्थिर रहें, तबतकके लिये सर्प हो [illegible]।' महर्षिके इतना कहते ही नहुष उस वाहनसे नीचे गिर पड़ा ॥ ५१ ॥

अथानिन्द्रं पुनस्त्रैलोक्यमभवत् ततो देवा ऋषयश्च भगवन्तं विष्णुं शरणमिन्द्रार्थेऽभिजग्मुरूचुश्चैनं भगवन्निन्द्रं ब्रह्महत्याभिभूतं त्रातुमर्हसीति ततः स वरदस्तानब्रवीदश्वमेधं यज्ञं वैष्णवं शक्रोऽभियजतां ततः स्वस्थानं प्राप्स्यतीति ततो देवा ऋषयश्चेन्द्रं नापश्यन् यदा तदा शचीमूचुर्गच्छ सुभगे इन्द्रमानयस्वेति [illegible] पुनस्तत्सरः समभ्यगच्छदिन्द्रश्च तस्मात् सरसः प्रत्युत्थाय बृहस्पतिमभिजगाम बृहस्पतिश्चाश्वमेधं महाक्रतुं शक्रायाहरत् तत्र कृष्णसारङ्गं मेध्यमश्वमुत्सृज्य वाहनं तमेव कृत्वा इन्द्रं मरुत्पतिं बृहस्पतिः स्वं स्थानं प्रापयामास ॥ ५२ ॥

नहुषका पतन हो जानेपर त्रिलोकीका राज्य पुनः बिना इन्द्रके हो गया, तब देवता और ऋषि इन्द्रके लिये भगवान् विष्णुकी शरणमें गये और उनसे बोले—'भगवन्! ब्रह्महत्यासे पीड़ित हुए इन्द्रकी रक्षा कीजिये।' तब वरदायक भगवान् विष्णुने उन देवताओंसे कहा—'देवगण! इन्द्र विष्णुके उद्देश्यसे अश्वमेध यज्ञ करें। तब वे फिर अपना स्थान प्राप्त करेंगे।' यह सुनकर देवता और महर्षि इन्द्रको ढूँढ़ने लगे। जब वे कहीं उनका पता न पा सके, तब वे शचीसे बोले—'सुभगे! तुम्हीं जाओ और इन्द्रको यहाँ ले आओ।' तब शची पुनः मानसरोवरपर गयीं। शचीके कहनेसे इन्द्र उस सरोवरसे निकलकर बृहस्पतिजीके पास आये। बृहस्पतिजीने इन्द्रके लिये अश्वमेध नामक महायज्ञका अनुष्ठान किया। उस यज्ञमें उन्होंने कृष्णसारङ्ग नामक यज्ञीय अश्वको छोड़ा था। उसीको वाहन बनाकर बृहस्पतिने पुनः देवराज इन्द्रको अपने पदपर प्रतिष्ठित किया॥ ५२॥

[illegible] स देवराड् देवैर्ऋषिभिः स्तूयमानस्त्रिविष्टपस्थो निष्कल्मषो बभूव ह ब्रह्मवध्यां चतुर्षु स्थानेषु वनिताग्निवनस्पतिगोषु व्यभजदेवमिन्द्रो ब्रह्मतेजःप्रभावोपबृंहितः शत्रुवधं कृत्वा स्वं स्थानं प्रापितः॥५३॥

तदनन्तर देवताओं और ऋषियोंसे अपनी स्तुति सुनते हुए देवराज इन्द्र निष्पाप हो स्वर्गलोकमें रहने लगे। अपनी ब्रह्महत्याको उन्होंने स्त्री, अग्नि, वृक्ष और गौ—इन चार स्थानोंमें विभक्त कर दिया। ब्रह्मतेजके प्रभावसे वृद्धिको [illegible] हुए इन्द्रने शत्रुओंका वध करके पुनः अपना स्थान प्राप्त कर लिया॥ ५३॥

(नहुषस्य शापमोक्षनिमित्तं देवैर्ऋषिभिश्च याच्यमानोऽगस्त्यः प्राह।

यावत् स्वकुलजः श्रीमान् धर्मराजो युधिष्ठिरः।
कथयित्वा स्वकान् प्रश्नान् भीमं [illegible] विमोक्ष्यते॥)

उधर नहुषको शापसे छुटकारा दिलानेके लिये देवताओं और ऋषियोंके प्रार्थना करनेपर अगस्त्यने कहा—'जब नहुष- [illegible] कुलमें उत्पन्न हुए श्रीमान् धर्मराज युधिष्ठिर उनके प्रश्नोंका उत्तर देकर भीमसेनको उनके बन्धनसे छुड़ा देंगे, तब नहुषको भी वे शापसे मुक्त कर देंगे'॥

आकाशगङ्गागतश्च पुरा भरद्वाजो महर्षिरुपास्पृशत् त्रीन् क्रमान् क्रमता विष्णुनाभ्यासादितः स भरद्वाजेन ससलिलेन पाणिनोरसि ताडितः सलक्षणोरस्कः संवृत्तः॥ ५४॥

प्राचीन कालमें महर्षि भरद्वाज आकाश-गङ्गाके जलमें खड़े हो आचमन कर रहे थे। उस समय तीन पगसे त्रिलोकीको नापते हुए भगवान् विष्णु उनके पासतक [illegible] पहुँचे। तब भरद्वाजने जलसहित हाथसे उनकी छातीमें प्रहार किया। इससे उनकी छातीमें एक चिह्न बन गया॥ ५४॥

भृगुणा महर्षिणा शप्तोऽग्निः सर्वभक्षत्वमुपानीतः॥ ५५॥

महर्षि भृगुके शापसे अग्निदेव सर्वभक्षी हो गये॥५५॥

अदितिर्वै देवानामन्नमपचदेतद् भुक्त्वासुरान् हनिष्यन्तीति [illegible] बुधो व्रतचर्यासमाप्तावागच्छददितिं चावोचद् भिक्षां देहीति [illegible] देवैः पूर्वमेतत् प्राश्यं नान्येनेत्यदितिर्भिक्षां नादादथ भिक्षाप्रत्याख्यानरुषितेन बुधेन ब्रह्मभूतेनादितिः [illegible] अदितेरुदरे भविष्यति [illegible] विवस्वतो द्वितीयजन्मन्यण्डसंज्ञितस्य अण्डं मातुरदित्या मारितं स मार्तण्डो विवस्वानभवच्छ्राद्धदेवः॥ ५६॥

अदितिने देवताओंके लिये इस उद्देश्यसे रसोई तैयार की थी कि वे इसे खाकर असुरोंका वध कर सकेंगे। इसी [illegible] बुध अपनी व्रतचर्या समाप्त करके अदितिके पास गये और बोले—'मुझे भिक्षा दीजिये।' अदितिने सोचा यह अन्न पहले देवताओंको ही खाना चाहिये, दूसरे किसीको नहीं; इसलिये उन्होंने बुधको भिक्षा नहीं दी। भिक्षा न मिलनेसे रोषमें भरे हुए ब्राह्मण बुधने अदितिको यह शाप दिया कि 'अण्ड नामधारी विवस्वान्‌के दूसरे जन्मके समय अदितिके उदरमें पीड़ा होगी।' माता अदितिके पेटका वह अण्ड [illegible] पीड़ाद्वारा मारा गया। मृत अण्डसे प्रकट होनेके कारण श्राद्धदेवसंज्ञक विवस्वान् मार्तण्ड नामसे प्रसिद्ध हुए॥५६॥

दक्षस्य या वै दुहितरः षष्टिरासंस्ताभ्यः कश्यपाय त्रयोदश प्रादाद् दश धर्माय दश मनवे सप्तविंशतिमिन्दवे तासु तुल्यासु नक्षत्राख्यां गतासु सोमो रोहिण्यामभ्यधिकं प्रीतिमानभूत् ततस्ताः शिष्टाः पत्न्य ईर्ष्यावत्यः पितुः समीपं गत्वेममर्थं शशंसुर्भगवन्नस्मासु तुल्यप्रभावासु सोमो रोहिणीमत्यधिकं भजतीति सोऽब्रवीद् यक्ष्मैनमाविश्यतेति दक्षशापात् सोमं राजानं यक्ष्मा विवेश [illegible] यक्ष्मणाऽऽविष्टो दक्षमगाद् दक्षश्चैनमब्रवीन्न समं वर्तयसीति तत्रर्षयः सोममब्रुवन् क्षीयसे यक्ष्मणा पश्चिमायां दिशि समुद्रे हिरण्यसरस्तीर्थं तत्र गत्वा आत्मानमभिषेचयस्वेत्यथागच्छत् सोमस्तत्र हिरण्यसरस्तीर्थं गत्वा चात्मनः सेचनमकरोत् स्नात्वा चात्मानं पाप्मनो मोक्षयामास तत्र चावभासितस्तीर्थे यदा सोमस्तदा प्रभृति च तीर्थं तत् प्रभासमिति नाम्ना ख्यातं बभूव॥ ५७॥

प्रजापति दक्षके साठ कन्याएँ थीं। उनमेंसे तेरहका विवाह उन्होंने कश्यपजीके साथ कर दिया। दस कन्याएँ धर्मको, दस मनुको और सत्ताईस कन्याएँ चन्द्रमाको दे डालीं। उन सत्ताईस कन्याओंकी नक्षत्र नामसे प्रसिद्धि हुई। यद्यपि वे सब-की-सब एक समान रूपवती थीं तो भी चन्द्रमा सबसे

अधिक रोहिणीपर ही प्रेम करने लगे। यह देख शेष पत्नियोंके मनमें ईर्ष्या हुई और उन्होंने पिताके समीप जाकर यह [illegible] बतायी—'भगवन्! हम सब बहिनोंका प्रभाव एक-सा है तो भी चन्द्रदेव रोहिणीपर ही अधिक स्नेह रखते [illegible]।' यह सुनकर दक्षने कहा—'इनके भीतर यक्ष्माका प्रवेश होगा।' इस प्रकार ब्राह्मण दक्षके शापसे राजा सोमके शरीरमें यक्ष्माने प्रवेश किया। यक्ष्मासे ग्रस्त होकर राजा सोम प्रजापति दक्षके पास गये। रोषका कारण पूछनेपर दक्षने उनसे कहा—'तुम अपनी सभी पत्नियोंके प्रति समान बर्ताव नहीं करते हो, उसीका यह दण्ड है।' वहाँ दूसरे ऋषियोंने सोमसे कहा—'तुम यक्ष्मासे क्षीण होते चले जा रहे हो। अतः पश्चिम दिशामें समुद्रके तटपर जो हिरण्यसर नामक तीर्थ है, वहाँ जाकर अपने-आपको स्नान कराओ।' तब सोमने हिरण्यसर तीर्थमें जाकर वहाँ स्नान किया। स्नान करके उन्होंने अपने-आपको पापसे छुड़ाया। उस तीर्थमें वे दिव्य प्रभासे प्रभासित हो उठे थे, इसलिये उसी समयसे वह स्थान प्रभासतीर्थके नामसे विख्यात हो गया॥ ५७॥

तच्छापादद्यापि क्षीयते सोमोऽमावास्यान्तरस्थः पौर्णमासीमात्रेऽधिष्ठितो मेघलेखाप्रतिच्छन्नं वपुर्दर्शयति मेघसदृशं वर्णमगमत् तदस्य शशलक्ष्म विमलमभवत्॥ ५८॥

उसी शापसे आज भी चन्द्रमा कृष्णपक्षमें अमावास्यातक क्षीण होता रहता है और शुक्लपक्षमें पूर्णिमातक उसकी वृद्धि होती रहती है। उसका मण्डलाकार स्वरूप मेघकी श्याम रेखासे आच्छन्न-सा दिखायी देता है। उसके शरीरमें खरगोश-का-सा चिह्न मेघके समान श्यामवर्णका है। वह स्पष्टरूपसे प्रतीत होता है॥ ५८॥

स्थूलशिरा महर्षिर्मेरोः प्रागुत्तरे दिग्विभागे तपस्तेपे ततस्तस्य [illegible] सर्वगन्धवहः शुचिर्वायुर्वायमानः शरीरमस्पृशत् स [illegible] तापितशरीरः कृशो वायुनोपवीज्यमानो हृदये परितोषमगमत् तत्र किल तस्यानिलव्यजनकृतपरितोषस्य सद्यो वनस्पतयः पुष्पशोभां निदर्शितवन्त इति स एताञ्शशाप न सर्वकालं पुष्पवन्तो भविष्यथेति॥ ५९॥

पूर्वकालकी बात है, मेरुपर्वतके पूर्वोत्तर भागमें स्थूलशिरा नामक महर्षि बड़ी भारी [illegible] कर रहे थे। उनके तपस्या करते समय [illegible] प्रकार सुगन्ध लिये पवित्र वायु बहने लगी। उस वायुने प्रवाहित होकर मुनिके शरीरका स्पर्श किया। तपस्यासे संतप्त शरीरवाले उन कृशकाय मुनिने उस वायुसे वीजित हो अपने हृदयमें बड़े संतोषका अनुभव किया। वायुके [illegible] व्यजन डुलानेसे संतुष्ट हुए मुनिके समक्ष वृक्षोंने [illegible] फूलकी शोभा दिखलायी। इससे [illegible] होकर मुनिने उन्हें शाप दिया कि तुम हर समय फूलोंसे भरे-पूरे नहीं रहोगे॥ ५९॥

नारायणो लोकहितार्थं वडवामुखो नाम पुरा महर्षिर्बभूव तस्य मेरौ तपस्तप्यतः समुद्र आहूतो नागतस्तेनामर्षितेनात्मगात्रोष्मणा समुद्रः स्तिमितजलः कृतः स्वेदप्रस्यन्दनसदृशश्चास्य लवणभावो जनितः॥ ६०॥

एक समय भगवान् नारायण लोकहितके लिये वडवामुख नामक महर्षि हुए। जब वे मेरुपर्वतपर तपस्या कर रहे थे, उन्हीं दिनों उन्होंने समुद्रका आवाहन किया; किंतु वह नहीं आया। इससे अमर्षमें भरकर उन्होंने अपने शरीरकी गर्मीसे समुद्रके जलको चञ्चल [illegible] दिया और पसीनेके प्रवाहकी भाँति उसमें खारापन प्रकट कर दिया॥ ६०॥

उक्तश्चाप्यपेयो भविष्यस्येतच्च ते तोयं वडवामुखसंज्ञितेन पेपीयमानं मधुरं भविष्यति तदेतदद्यापि वडवामुखसंज्ञितेनानुवर्तिना तोयं समुद्रात् पीयते॥ ६१॥

साथ ही उससे कहा—'समुद्र! तू पीनेयोग्य नहीं रह जायगा। तेरा यह जल वडवामुखके द्वारा बारंबार पीया जानेपर मधुर होगा।' यह बात आज भी देखनेमें आती है। वडवामुखसंज्ञक अग्नि समुद्रसे [illegible] लेकर पीती है॥ ६१॥

हिमवतो गिरेर्दुहितरमुमां कन्यां रुद्रश्चकमे भृगुरपि च महर्षिर्हिमवन्तमागत्याब्रवीत् कन्यामिमां मे देहीति तमब्रवीद्धिमवानभिलक्षितो वरो रुद्र इति तमब्रवीद् भृगुर्यस्मात् त्वयाहं कन्यावरणकृतभावः प्रत्याख्यातस्तस्मान्न रत्नानां भवान् भाजनं भविष्यतीति॥ ६२॥

हिमवान्‌की पुत्री उमाको जब वह कुमारी अवस्थामें थी तभी रुद्रने पानेकी इच्छा की। दूसरी ओरसे महर्षि भृगु भी वहाँ आकर हिमवान्‌से बोले—'अपनी यह कन्या मुझे दे दो।' तब हिमवान्‌ने उनसे कहा—'इस कन्याके लिये देख-सुनकर लक्षित किये हुए वर रुद्रदेव हैं।' [illegible] भृगुने कहा—'मैं कन्याका वरण करनेकी भावना लेकर यहाँ आया था; किंतु तुमने मेरी उपेक्षा कर दिया है; इसलिये [illegible] शाप देता हूँ [illegible] तुम रत्नोंके भण्डार नहीं होओगे'॥ ६२॥

अद्यप्रभृत्येतदवस्थितमृषिवचनं तदेवंविधं माहात्म्यं ब्राह्मणानाम्॥ ६३॥

आज भी महर्षिका वह वचन हिमवान्‌पर ज्यों-का-त्यों लागू हो रहा है। ऐसा ब्राह्मणोंका माहात्म्य है॥ ६३॥

क्षत्रमपि [illegible] ब्राह्मणप्रसादादेव शाश्वतीमव्ययां च पृथिवीं पत्नीमभिगम्य बुभुजे॥ ६४॥

क्षत्रिय जाति भी ब्राह्मणोंकी कृपासे ही सदा रहनेवाली इस अविनाशिनी पृथ्वीको पत्नीकी भाँति पाकर इसका उपभोग करती है॥ ६४॥

यदेतद् ब्रह्माग्नीषोमीयं तेन जगद् धार्यते ॥ ६५ ॥

यह जो अग्नि और सोमसम्बन्धी ब्रह्म है, उसीके द्वारा सम्पूर्ण जगत् धारण किया जाता है ॥ ६५ ॥

उच्यते—

सूर्याचन्द्रमसौ चक्षुः केशाश्चैवांशवः स्मृताः ।
बोधयंस्तापयंश्चैव जगदुत्तिष्ठते पृथक् ॥ ६६ ॥

कहते हैं कि सूर्य और चन्द्रमा (अग्नि और सोम) मेरे नेत्र हैं तथा उनकी किरणोंको केश कहा गया है । सूर्य और चन्द्रमा जगत्को क्रमशः ताप और मोद प्रदान करते हुए पृथक्-पृथक् उदित होते हैं ॥ ६६ ॥

(नाम्नां निरुक्तं वक्ष्यामि शृणुष्वैकाग्रमानसः ।)
बोधनात् तापनाच्चैव जगतो हर्षणं भवेत् ।
अग्नीषोमकृतैरेभिः कर्मभिः पाण्डुनन्दन ।
हृषीकेशोऽहमीशानो वरदो लोकभावनः ॥ ६७ ॥

[illegible] मैं अपने नामोंकी व्याख्या करूँगा । तुम एकाग्रचित्त होकर सुनो । जगत्को मोद और ताप प्रदान करनेके कारण चन्द्रमा और सूर्य हर्षदायक होते हैं । पाण्डुनन्दन ! अग्नि और सोमद्वारा किये गये इन कर्मोंद्वारा मैं विश्वभावन वरदायक ईश्वर ही 'हृषीकेश'[1] कहलाता हूँ ॥ ६७ ॥

इलोपहूतयोगेन हरे भागं क्रतुष्वहम् ।
वर्णश्च मे हरिः श्रेष्ठस्तस्माद्धरिरहं स्मृतः ॥ ६८ ॥

यज्ञमें 'इलोपहूता सह दिवा' आदि मन्त्रसे आवाहन करनेपर मैं अपना भाग हरण (स्वीकार) करता हूँ तथा मेरे शरीरका रंग भी हरित (श्याम) है, इसलिये मुझे 'हरि' कहते हैं ॥ ६८ ॥

[illegible] सारो हि भूतानामृतं चैव विचारितम् ।
ऋतधामा ततो विप्रैः सत्यश्चाहं प्रकीर्तितः ॥ ६९ ॥

प्राणियोंके सारका नाम है धाम और ऋतका अर्थ है सत्य, ऐसा विद्वानोंने विचार किया है । इसीलिये ब्राह्मणोंने तत्काल मेरा [illegible] 'ऋतधामा' [illegible] दिया था ॥ ६९ ॥

नष्टां च धरणीं पूर्वमविन्दं वै गुहागताम् ।
गोविन्द इति तेनाहं देवैर्वाग्भिरभिष्टुतः ॥ ७० ॥

मैंने पूर्वकालमें नष्ट होकर रसातलमें गयी हुई पृथ्वीको पुनः वराहरूप धारण करके प्राप्त किया था, इसलिये देवताओंने अपनी वाणीद्वारा 'गोविन्द' कहकर मेरी स्तुति की थी (गां विन्दति इति गोविन्दः—जो पृथ्वीको प्राप्त करे, उसका नाम गोविन्द है) ॥ ७० ॥

शिपिविष्टेति चाख्यायां हीनरोमा च यो भवेत् ।
तेनाविष्टं तु यत्किंचिच्छिपिविष्टेति च स्मृतः ॥ ७१ ॥

मेरे 'शिपिविष्ट' नामकी व्याख्या इस प्रकार है । रोमहीन प्राणीको शिपि कहते हैं—तथा विष्टका अर्थ है व्यापक । मैंने निराकाररूपसे समस्त जगत्को व्याप्त कर [illegible] है, इसलिये मुझे 'शिपिविष्ट' कहते हैं ॥ ७१ ॥

यास्को मामृषिरव्यग्रो नैकयज्ञेषु गीतवान् ।
शिपिविष्ट इति ह्यस्माद् गुह्यनामधरो ह्यहम् ॥ ७२ ॥

यास्कमुनिने शान्तचित्त होकर अनेक यज्ञोंमें शिपिविष्ट कहकर मेरी महिमाका गान किया है; अतः मैं इस गुह्यनामको धारण [illegible] हूँ ॥ ७२ ॥

स्तुत्वा मां शिपिविष्टेति यास्क ऋषिरुदारधीः ।
मत्प्रसादादधो नष्टं निरुक्तमभिजग्मिवान् ॥ ७३ ॥

उदारचेता यास्क मुनिने शिपिविष्ट नामसे मेरी स्तुति करके मेरी ही कृपासे पाताललोकमें नष्ट हुए निरुक्तशास्त्रको पुनः प्राप्त किया था ॥ ७३ ॥

न हि जातो न जायेयं न जनिष्ये कदाचन ।
क्षेत्रज्ञः सर्वभूतानां तस्मादहमजः स्मृतः ॥ ७४ ॥

मैंने न तो पहले कभी जन्म लिया है, न अब जन्म लेता हूँ और न आगे कभी जन्म लूँगा । मैं समस्त प्राणियोंके शरीरमें रहनेवाला क्षेत्रज्ञ आत्मा हूँ । इसीलिये मेरा नाम 'अज' है ॥ ७४ ॥

नोक्तपूर्वं मया क्षुद्रमश्लीलं [illegible] कदाचन ।
[illegible] ब्रह्मसुता सा मे [illegible] देवी सरस्वती ॥ ७५ ॥
सच्चासच्चैव कौन्तेय मयाऽऽवेशितमात्मनि ।
पौष्करे ब्रह्मसदने सत्यं मामृषयो विदुः ॥ ७६ ॥

मैंने कभी ओछी या अश्लील बात मुँहसे नहीं निकाली है । सत्यस्वरूपा ब्रह्मपुत्री सरस्वतीदेवी मेरी वाणी है । कुन्तीकुमार ! सत् और असत्को भी मैंने अपने भीतर ही प्रविष्ट कर रक्खा है; इसलिये मेरे नाभि-कमलरूप ब्रह्मलोक[illegible] रहनेवाले ऋषिगण मुझे 'सत्य' कहते हैं ॥ [illegible]५-७६ ॥

सत्त्वान्न च्युतपूर्वोऽहं सत्त्वं वै विद्धि मत्कृतम् ।
जन्मनीहा भवेत् सत्त्वं पौर्विकं मे धनंजय ॥ ७७ ॥
निराशीःकर्मसंयुक्तः सात्त्वतश्चाप्यकल्मषः ।
सात्त्वतज्ञानदृष्टोऽहं सात्त्वतामिति सात्त्वतः ॥ ७८ ॥

धनंजय ! मैं पहले कभी सत्त्वसे च्युत नहीं हुआ हूँ । सत्त्वको मुझसे ही उत्पन्न हुआ समझो । मेरा वह पुरातन सत्त्व [illegible] अवतारकालमें भी विद्यमान है । सत्त्वके कारण ही मैं पापसे रहित हो निष्कामकर्ममें लगा रहता हूँ । भगवत्प्राप्त पुरुषोंके सात्त्वतज्ञान (पाञ्चरात्रादि वैष्णवतन्त्र) से मेरे स्वरूपका बोध हो[illegible] है । इन सब कारणोंसे लोग मुझे 'सात्त्वत' कहते हैं ॥ ७७-७८ ॥

कृषामि मेदिनीं पार्थ भूत्वा कार्ष्णायसो महान् ।
कृष्णो वर्णश्च मे यस्मात् तस्मात् [illegible]ष्णोऽहमर्जुन ॥ ७९ ॥

पृथापुत्र अर्जुन ! [illegible] काले लोहेका विशाल [illegible] बनकर इस पृथ्वीको जोतता हूँ तथा मेरे शरीरका रंग भी काला

१. सूर्य और चन्द्रमा ही अग्नि एवं सोम हैं । वे जगत्को हर्ष प्रदान करनेके कारण 'हृषी' कहलाते हैं । वे ही भगवान्के केश अर्थात् किरणें हैं, इसलिये भगवान्का नाम 'हृषीकेश' है ।

है; इसलिये मैं 'कृष्ण' कहलाता हूँ* ॥ ७९ ॥

मया संश्लेषिता भूमिरद्भिर्व्योम च वायुना ।
वायुश्च तेजसा सार्धं वैकुण्ठत्वं ततो मम ॥ ८० ॥

मैंने भूमिको जलके साथ, आकाशको वायुके साथ और वायुको तेजके साथ संयुक्त किया है। इसलिये (विगता कुण्ठा पञ्चाना भूताना मेलने असामर्थ्यं यस्य सः विकुण्ठः, विकुण्ठ एव वैकुण्ठः—पाँचों भूतोंको मिलानेमें जिनकी शक्ति कभी कुण्ठित नहीं होती, वे भगवान् वैकुण्ठ हैं, इस व्युत्पत्तिके अनुसार) मैं 'वैकुण्ठ' कहलाता हूँ ॥ ८० ॥

निर्वाणं परमं [illegible] धर्मोऽसौ [illegible] उच्यते ।
तस्मान्न च्युतपूर्वोऽहमच्युतस्तेन कर्मणा ॥ ८१ ॥

परम शान्तिमय जो ब्रह्म है, वही परम धर्म कहा गया है। उससे पहले कभी मैं च्युत नहीं हुआ हूँ; इसलिये लोग मुझे 'अच्युत' कहते हैं ॥ ८१ ॥

पृथिवीनभसी चोभे विश्रुते विश्वतोमुखे ।
तयोः संधारणार्थं हि मामधोक्षजमञ्जसा ॥ ८२ ॥

('अधः' का अर्थ है पृथ्वी, 'अक्ष' का अर्थ है [illegible] और 'ज' का अर्थ है इनको धारण करनेवाला) पृथ्वी और आकाश दोनों सर्वतोमुखी एवं प्रसिद्ध हैं। उनको अनायास ही धारण करनेके कारण लोग मुझे 'अधोक्षज' कहते हैं ॥ ८२ ॥

निरुक्तं वेदविदुषो वेदशब्दार्थचिन्तकाः ।
ते मां गायन्ति प्राग्वंशे अधोक्षज इति स्थितिः ॥ ८३ ॥

वेदोंके शब्द और अर्थपर विचार करनेवाले वेदवेत्ता विद्वान् प्राग्वंश (यज्ञशालाके एक भाग) में बैठकर अधोक्षज नामसे मेरी महिमाका गान करते हैं; इसलिये भी मेरा नाम 'अधोक्षज' है ॥ ८३ ॥

(अधो न क्षीयते यस्माद् वदन्त्यन्ये ह्यधोक्षजम् ।)

जिसके अनुग्रहसे जीव अधोगतिमें पड़कर क्षीण नहीं होता, उन भगवान्‌को दूसरे लोग इसी व्युत्पत्तिके अनुसार 'अधोक्षज' कहते हैं ॥

शब्द एकपदैरेष व्याहृतः परमर्षिभिः ।
नान्यो ह्यधोक्षजो लोके ऋते नारायणं प्रभुम् ॥ ८४ ॥

महर्षि लोग अधोक्षज शब्दको पृथक्-पृथक् तीन पदों- [illegible] एक समुदाय मानते हैं—'अ' का अर्थ है लय-स्थान, 'धोक्ष' [illegible] अर्थ है पालन-स्थान और 'ज' [illegible] अर्थ है उत्पत्ति-स्थान। उत्पत्ति, स्थिति और लयके स्थान एकमात्र नारायण ही हैं; अतः उन भगवान् नारायणको छोड़कर संसारमें दूसरा कोई 'अधोक्षज' नहीं कहला सकता ॥ ८४ ॥

घृतं ममार्चिषो लोके जन्तूनां प्राणधारणम् ।
घृतार्चिरहमव्यग्रैर्वेदज्ञैः परिकीर्तितः ॥ ८५ ॥

प्राणियोंके प्राणोंकी पुष्टि करनेवाला घृत मेरे स्वरूप-भूत अग्निदेवकी अर्चिष् अर्थात् ज्वालाको जगानेवाला है; इसलिये शान्तचित्त वेदज्ञ विद्वानोंने मुझे 'घृतार्चि' कहा है ॥ ८५ ॥

त्रयो हि [illegible] ख्याताः कर्मजा इति ते स्मृताः ।
पित्तं श्लेष्मा च वायुश्च एष संघात उच्यते ॥ ८६ ॥
एतैश्च धार्यते जन्तुरेतैः क्षीणैश्च क्षीयते ।
आयुर्वेदविदस्तस्मात् त्रिधातुं मां प्रचक्षते ॥ ८७ ॥

शरीरमें तीन धातु विख्यात हैं वात, पित्त और कफ। वे सब-के-सब कर्मजन्य माने गये हैं। इनके समुदायको त्रिधातु कहते हैं। जीव इन धातुओंके रहनेसे जीवन धारण करते हैं और उनके क्षीण हो जानेपर क्षीण हो जाते हैं। इसलिये आयुर्वेदके विद्वान् मुझे 'त्रिधातु' कहते हैं ॥

वृषो हि भगवान् धर्मः ख्यातो लोकेषु [illegible] ।
नैघण्टुकपदाख्याने विद्धि मां वृषमुत्तमम् ॥ ८८ ॥

भरतनन्दन ! भगवान् धर्म सम्पूर्ण लोकोंमें वृषके नामसे विख्यात हैं। वैदिक शब्दार्थबोधक कोशमें वृषका अर्थ धर्म बताया गया है; अतः उत्तम धर्मस्वरूप मुझ वासुदेव-को 'वृष' समझो ॥ ८८ ॥

कपिर्वराहः श्रेष्ठश्च धर्मश्च वृष उच्यते ।
तस्माद् वृषाकपिं प्राह कश्यपो मां प्रजापतिः ॥ ८९ ॥

कपि शब्दका अर्थ वराह एवं श्रेष्ठ है और वृष कहते हैं धर्मको। मैं धर्म और श्रेष्ठ वराहरूपधारी हूँ; इसलिये प्रजापति कश्यप मुझे 'वृषाकपि' कहते हैं ॥ ८९ ॥

[illegible] चादं न मध्यं [illegible] चैव नान्तं
कदाचिद् विदन्ते सुराश्चासुराश्च ।
अनाद्यो ह्यमध्यस्तथा चाप्यनन्तः
प्रगीतोऽहमीशो विभुर्लोकसाक्षी ॥ ९० ॥

मैं जगत्‌का साक्षी और सर्वव्यापी ईश्वर हूँ। देवता तथा असुर भी मेरे आदि, मध्य और अन्तका कभी पता नहीं पाते हैं; इसलिये मैं 'अनादि', 'अमध्य' और 'अनन्त' कहलाता हूँ ॥ ९० ॥

शुचीनि श्रवणीयानि शृणोमीह धनंजय ।
[illegible] च पापानि गृह्णामि ततोऽहं वै शुचिश्रवाः ॥ ९१ ॥

धनंजय ! मैं यहाँ पवित्र एवं श्रवण करने योग्य वचनों को ही सुनता हूँ और पापपूर्ण वार्तोंको कभी ग्रहण नहीं करता हूँ, इसलिये मेरा नाम 'शुचिश्रवा' है ॥ ९१ ॥

एकशृङ्गः पुरा भूत्वा वराहो नन्दिवर्धनः ।
इमां चोद्धृतवान् भूमिमेकशृङ्गस्ततो ह्यहम् ॥ ९२ ॥

पूर्वकालमें मैंने एक सींगवाले वराहका रूप धारण करके इस पृथ्वीको पानीसे बाहर निकाला और सारे जगत्‌का आनन्द बढ़ाया; इसलिये मैं 'एकशृङ्ग' कहलाता हूँ ॥ ९२ ॥

* 'कृष्ण' नामकी दूसरी व्युत्पत्ति भी इस प्रकार है—कृष् नाम है सत्‌का और ण कहते हैं आनन्दको। इन दोनोंसे उपलक्षित सच्चिदानन्दघन श्यामसुन्दर गोलोकविहारी नन्दनन्दन श्रीकृष्ण कहलाते हैं।

तथैवासं त्रिककुदो वाराहं रूपमास्थितः।
त्रिककुत् तेन विख्यातः शरीरस्य तु मापनात् ॥ ९३ ॥

इसी प्रकार वराहरूप धारण करनेपर मेरे शरीरमें तीन ककुद् (ऊँचे स्थान) थे; इसलिये शरीरके मापसे मैं 'त्रिककुद्' नामसे विख्यात हुआ ॥ ९३ ॥

विरिञ्च इति यत् प्रोक्तं कापिलज्ञानचिन्तकैः।
स प्रजापतिरेवाहं चेतनात् सर्वलोककृत् ॥ ९४ ॥

कपिल मुनिके द्वारा प्रतिपादित सांख्यशास्त्रका विचार करनेवाले विद्वानोंने जिसे विरिञ्च कहा है, वह सर्वलोकस्रष्टा प्रजापति 'विरिञ्च' मैं ही हूँ, क्योंकि मैं ही सबको चेतना प्रदान करता हूँ ॥ ९४ ॥

विद्यासहायवन्तं मामादित्यस्थं सनातनम्।
कपिलं प्राहुराचार्याः सांख्या निश्चितनिश्चयाः ॥ ९५ ॥

तत्त्वका निश्चय करनेवाले सांख्यशास्त्रके आचार्योंने मुझे आदित्य-मण्डलमें स्थित, विद्याशक्तिके साहचर्यसे सम्पन्न सनातन देवता 'कपिल' कहा है। ॥ ९५ ॥

हिरण्यगर्भो द्युतिमान् य एष च्छन्दसि स्तुतः।
योगैः सम्पूज्यते नित्यं स एवाहं भुवि स्मृतः ॥ ९६ ॥

वेदोंमें जिनकी स्तुति की गयी है तथा इस जगत्‌में योगीजन सदा जिनकी पूजा और स्मरण करते हैं, वह तेजस्वी 'हिरण्यगर्भ' मैं ही हूँ ॥ ९६ ॥

एकविंशतिसाहस्रं ऋग्वेदं मां प्रचक्षते।
सहस्रशाखं यत् साम ये वै वेदविदो जनाः ॥ ९७ ॥

वेदके विद्वान् मुझे ही इक्कीस हजार ऋचाओंसे युक्त 'ऋग्वेद' और एक हजार शाखाओंवाला 'सामवेद' कहते हैं॥९७॥

गायन्त्यारण्यके विप्रा मद्भक्तास्ते हि दुर्लभाः।
षट्पञ्चाशतमष्टौ च सप्तत्रिंशतमित्युत ॥ ९८ ॥
यस्मिञ्छाखा यजुर्वेदे सोऽहमाध्वर्यवे स्मृतः।

आरण्यकोंमें ब्राह्मणलोग मेरा ही गान करते हैं। वे मेरे परम भक्त दुर्लभ हैं। जिस यजुर्वेदकी छप्पन + आठ + सैंतीस = एक सौ एक शाखाएँ मौजूद हैं, उस यजुर्वेदमें भी मेरा ही गान किया गया है ॥ ९८½ ॥

पञ्चकल्पमथर्वाणं कृत्याभिः परिबृंहितम् ॥ ९९ ॥
कल्पयन्ति हि मां विप्रा अथर्वाणविदस्तथा।

अथर्ववेदी ब्राह्मण मुझे ही कृत्याओं—आभिचारिक प्रयोगोंसे सम्पन्न पञ्चकल्पात्मक 'अथर्ववेद' मानते हैं ॥ ९९½ ॥

शाखाभेदाश्च ये केचिद् याश्च शाखासु गीतयः ॥१००॥
स्वरवर्णसमुच्चाराः सर्वांस्तान् विद्धि मत्कृतान्।

वेदोंमें जो भिन्न-भिन्न शाखाएँ हैं, उन शाखाओंमें जितने गीत हैं तथा उन गीतोंमें स्वर और वर्णके उच्चारण करनेकी जितनी रीतियाँ हैं, उन सबको मेरी बनायी हुई ही समझो ॥१००½॥

यत् तद्धयशिरः पार्थ समुदेति वरप्रदम् ॥१०१॥
सोऽहमेवोत्तरे भागे क्रमाक्षरविभागवित्।

कुन्तीनन्दन! सबको वर देनेवाले जो हयग्रीव प्रकट होते हैं, उनके रूपमें मैं ही अवतीर्ण होता हूँ। मैं ही उत्तरभागमें वेद-मन्त्रोंके क्रम-विभाग और अक्षर-विभागका ज्ञाता हूँ* ॥१०१½॥

वामादेशितमार्गेण मत्प्रसादान्महात्मना ॥१०२॥
पाञ्चालेन क्रमः प्राप्तस्तस्माद् भूतात् सनातनात्।

महात्मा पाञ्चालने वामदेवके बताये हुए ध्यान-मार्गसे मेरी आराधना करके मुझ सनातन पुरुषके ही कृपाप्रसादसे वेदका क्रमविभाग प्राप्त किया था ॥ १०२½ ॥

बाभ्रव्यगोत्रः स बभौ प्रथमं क्रमपारगः ॥१०३॥
नारायणाद् वरं लब्ध्वा प्राप्य योगमनुत्तमम्।
क्रमं प्रणीय शिक्षां च प्रणयित्वा स गालवः ॥१०४॥

बाभ्रव्य-गोत्रमें उत्पन्न हुए वे महर्षि गालव भगवान् नारायणसे वर एवं परम उत्तम योग पाकर वेदके क्रमविभाग एवं शिक्षाका प्रणयन करके सबसे पहले क्रमविभागके पारङ्गत विद्वान् हुए थे ॥ १०३-१०४ ॥

कण्डरीकोऽथ राजा च ब्रह्मदत्तः प्रतापवान्।
जातीमरणजं दुःखं स्मृत्वा स्मृत्वा पुनः पुनः ॥१०५॥
सप्तजातिषु मुख्यत्वाद् योगानां सम्पदं गतः।

कण्डरीक-कुलमें उत्पन्न हुए प्रतापी राजा ब्रह्मदत्तने सात जन्मोंके जन्म-मृत्युसम्बन्धी दुःखोंका बार-बार स्मरण करके तीव्रतम वैराग्यके कारण शीघ्र ही योगजनित ऐश्वर्य प्राप्त कर लिया था ॥ १०५½ ॥

पुराहमात्मजः पार्थ प्रथितः कारणान्तरे ॥१०६॥
धर्मस्य कुरुशार्दूल ततोऽहं धर्मजः स्मृतः।

कुरुश्रेष्ठ! कुन्तीकुमार! पूर्वकालमें किसी कारणवश मैं धर्मके पुत्ररूपसे प्रसिद्ध हुआ था। इसीलिये मुझे 'धर्मज' कहा गया है ॥ १०६½ ॥

नरनारायणौ पूर्वं तपस्तेपतुरव्ययम् ॥१०७॥
धर्मयानं समारूढौ पर्वते गन्धमादने।
तत्कालसमये चैव दक्षयज्ञो बभूव ह ॥१०८॥

पहले नर और नारायणने जब धर्ममय रथपर आरूढ हो गन्धमादन पर्वतपर अक्षय तप किया था, उसी समय प्रजापति दक्षका यज्ञ आरम्भ हुआ ॥ १०७-१०८ ॥

न चैवाकल्पयद् भागं दक्षो रुद्रस्य भारत।
ततो दधीचिवचनाद् दक्षयज्ञमपाहरत् ॥१०९॥

भारत! उस यज्ञमें दक्षने रुद्रके लिये भाग नहीं दिया

*वेदमन्त्रके दो-दो पदका उच्चारण करके पहले-पहलेको छोड़ते जाना और उत्तरोत्तर पदको मिलाकर दो-दो पदोंका पाठ करते रहना क्रमविभाग कहलाता है। जैसे—'अग्निमीळे पुरोहितम्' इस मन्त्रका क्रमपाठ इस प्रकार है—'अग्निमीळे ईळे पुरोहितं पुरोहित यज्ञस्य' इत्यादि। अक्षरविभागका अर्थ है पदविभाग—एक-एक पदको अलग-अलग करके पढ़ना। यथा 'अग्निम्, ईळे, पुरोहितम्' इत्यादि।

था; इसलिये दधीचिके कहनेसे रुद्रदेवने दक्षके यज्ञका विध्वंस कर डाला ॥ १०९ ॥

ससर्ज शूलं कोपेन प्रज्वलन्तं मुहुर्मुहुः ।
तच्छूलं भस्मसात्कृत्वा दक्षयज्ञं सविस्तरम् ॥११०॥
आवयोः सहसागच्छद् बदर्याश्रममन्तिकात् ।

रुद्रने क्रोधपूर्वक अपने प्रज्वलित त्रिशूलका बारबार प्रयोग किया । वह त्रिशूल दक्षके विस्तृत यज्ञको भस्म करके सहसा बदरिकाश्रममें हम दोनों (नर और नारायण) के निकट आ पहुँचा ॥ ११०½ ॥

वेगेन महता पार्थ पतन्नारायणोरसि ॥१११॥
ततस्तत् तेजसाऽऽविष्टाः केशा नारायणस्य ह ।
बभूवुर्मुञ्जवर्णास्तु ततोऽहं मुञ्जकेशवान् ॥११२॥

पार्थ ! उस समय नारायणकी छातीमें वह त्रिशूल बड़े वेगसे जा लगा । उससे निकलते हुए तेजकी लपटमें आकर नारायणके केश मूँजके समान रंगवाले हो गये । इससे मेरा नाम 'मुञ्जकेश' हो गया ॥ १११-११२ ॥

तच्च शूलं विनिर्धूतं हुंकारेण महात्मना ।
जगाम शंकरकरं नारायणसमाहतम् ॥११३॥

तब महात्मा नारायणने हुंकारध्वनिके द्वारा उस त्रिशूलको पीछे हटा दिया । नारायणके हुंकारसे प्रतिहत होकर वह शङ्करजीके हाथमें चला गया ॥ ११३ ॥

अथ रुद्र उपाधावत् तावृषी तपसान्वितौ ।
तत एनं समुद्भूतं कण्ठे जग्राह पाणिना ॥११४॥
नारायणः स विश्वात्मा तेनास्य शितिकण्ठता ।

यह देख रुद्र तपस्यामें लगे हुए उन ऋषियोंपर टूट पड़े । उन विश्वात्मा नारायणने अपने हाथसे उन आक्रमणकारी रुद्रदेवका गला पकड़ लिया । इसीसे कण्ठ नीला हो जानेके कारण वे 'नीलकण्ठ'के नामसे प्रसिद्ध हुए ॥ ११४½ ॥

अथ रुद्रविघातार्थमिषीकां नर उद्धरन् ॥११५॥
मन्त्रैश्च संयुयोजाशु सोऽभवत् परशुर्महान् ।

अथ तौ दानवश्रेष्ठौ वेदान् [illegible] सनातनान् ।
रसां विविशतुस्तूर्णमुदक्पूर्वे महोदधौ ॥ ३० ॥

सनातन वेदोंका अपहरण करके वे दोनों श्रेष्ठ दानव उत्तर-पूर्ववर्ती महासागरमें घुस गये और तुरंत रसातलमें [illegible] पहुँचे ॥ ३० ॥

ततो हृतेषु वेदेषु ब्रह्मा कश्मलमाविशत् ।
ततो वचनमीशानं प्राह वेदैर्विनाकृतः ॥ ३१ ॥

वेदोंका अपहरण हो जानेपर ब्रह्माजीको बड़ा खेद हुआ । उनपर मोह [illegible] गया । वे वेदोंसे वञ्चित होकर मन-ही-मन परमात्मासे इस प्रकार कहने लगे ॥ ३१ ॥

ब्रह्मोवाच

वेदा मे परमं चक्षुर्वेदा मे परमं बलम् ।
वेदा मे परमं धाम वेदा मे [illegible] चोत्तरम् ॥ ३२ ॥

[illegible] बोले—भगवन् ! वेद ही मेरे उत्तम नेत्र हैं, वेद ही मेरे परम बल हैं । वेद ही मेरे परम आश्रय तथा वेद ही मेरे सर्वोत्तम उपास्य देव हैं ॥ ३२ ॥

मम वेदा हृताः सर्वे दानवाभ्यां बलादितः ।
अन्धकारा हि मे लोका जाता वेदैर्विनाकृताः ॥ ३३ ॥

मेरे वे सभी वेद [illegible] दो दानवोंने बलपूर्वक यहाँसे छीन लिये हैं । अब वेदोंके बिना मेरे लिये सम्पूर्ण लोक अन्धकारमय हो गये हैं ॥ ३३ ॥

वेदानृते हि कुर्यां लोकानां सृष्टिमुत्तमाम् ।
अहो बत महद् दुःखं वेदनाशनजं [illegible] ॥ ३४ ॥
प्राप्तं दुनोति हृदयं तीव्रं शोकपरायणम् ।
को हि शोकार्णवे मग्नं मामितोऽद्य समुद्धरेत् ॥ ३५ ॥
वेदांस्तांश्चानयेन्नष्टान् [illegible] चाहं प्रियो भवे ।

मैं वेदोंके बिना संसारकी उत्तम सृष्टि कैसे कर [illegible] हूँ ? अहो ! आज वेदोंके नष्ट होनेसे मुझपर बड़ा भारी दुःख आ पड़ा है, जो मेरे शोकमग्न हृदयको दुःसह पीड़ा दे रहा है । आज शोकके समुद्रमें डूबे हुए मुझ असहायका यहाँसे कौन उद्धार करेगा ? उन नष्ट हुए वेदोंको कौन लायेगा ? मैं किसको इतना प्रिय हूँ, जो मेरी ऐसी सहायता करेगा ?

इत्येवं भाषमाणस्य ब्रह्मणो नृपसत्तम ॥ ३६ ॥
हरेः स्तोत्रार्थमुद्भूता बुद्धिर्बुद्धिमतां वर ।
ततो जगौ परं जप्यं साञ्जलिप्रग्रहः प्रभुः ॥ ३७ ॥

नृपश्रेष्ठ ! ऐसी बातें कहते हुए ब्रह्माजीके मनमें भगवान् श्रीहरिकी स्तुति करनेका विचार उत्पन्न हुआ । बुद्धिमानोंमें अग्रगण्य नरेश ! तब भगवान् ब्रह्माने हाथ जोड़कर उत्तम एवं जपने योग्य स्तोत्रका गान आरम्भ किया ॥ ३६-३७ ॥

ब्रह्मोवाच

ॐ नमस्ते ब्रह्महृदय नमस्ते [illegible] पूर्वज ।
लोकाद्य भुवनश्रेष्ठ सांख्ययोगनिधे प्रभो ॥ ३८ ॥

ब्रह्माजी बोले—प्रभो ! वेद आपका हृदय है, आपको नमस्कार है । मेरे पूर्वज ! आपको प्रणाम है । जगत्के आदि कारण ! भुवनश्रेष्ठ ! सांख्ययोगनिधे ! प्रभो ! आपको बारंबार नमस्कार है ॥ ३८ ॥

व्यक्ताव्यक्तकराचिन्त्य क्षेमं पन्थानमास्थित ।
विश्वभुक् सर्वभूतानामन्तरात्मन्नयोनिज ।
अहं प्रसादजस्तुभ्यं लोकधाम स्वयम्भुवः ॥ ३९ ॥

व्यक्त जगत् और अव्यक्त प्रकृतिको उत्पन्न करनेवाले परमात्मन् ! आपका स्वरूप अचिन्त्य है । आप कल्याणमय मार्गमें स्थित हैं । विश्वपालक ! आप सम्पूर्ण प्राणियोंके अन्तरात्मा, किसी योनिसे उत्पन्न न होनेवाले, जगत्के आधार और स्वयम्भू हैं । मैं आपकी कृपासे उत्पन्न हुआ हूँ ॥ ३९ ॥

त्वत्तो [illegible] मानसं जन्म प्रथमं द्विजपूजितम् ।
चाक्षुषं वै द्वितीयं मे [illegible] चासीत् पुरातनम् ॥ ४० ॥

आपसे मेरा प्रथम बार जो जन्म हुआ था, वह द्विजों-द्वारा सम्मानित मानस जन्म कहा गया है अर्थात् प्रथम बार मैं आपके मनसे उत्पन्न हुआ । तदनन्तर पूर्वकालमें मैं आपके नेत्रसे उत्पन्न हुआ । वह मेरा दूसरा जन्म था ॥

त्वत्प्रसादात् तु मे जन्म तृतीयं वाचिकं महत् ।
त्वत्तः श्रवणजं चापि चतुर्थं जन्म मे विभो ॥ ४१ ॥

तत्पश्चात् आपके कृपाप्रसादसे मेरा जो तीसरा महत्त्वपूर्ण जन्म हुआ, वह वाचिक था अर्थात् आपके वचनमात्रसे सुलभ हो गया था । विभो ! उसके बाद आपके कानोंसे मेरा चतुर्थ जन्म हुआ था ॥ ४१ ॥

नासिक्यं चापि मे [illegible] त्वत्तः परममुच्यते ।
अण्डजं चापि मे [illegible] त्वत्तः [illegible] विनिर्मितम् ॥ [illegible]२ ॥

उसके बाद आपकी नासिकासे मेरा पाँचवाँ उत्तम जन्म [illegible] जाता है। तदनन्तर मैं आपके द्वारा ब्रह्माण्डसे उत्पन्न किया गया। वह मेरा [illegible] जन्म [illegible] ॥ ४२ ॥

इदं च सप्तमं [illegible] पद्मजन्मेति वै प्रभो।
सर्गे सर्गे ह्यहं पुत्रस्तव त्रिगुणवर्जित ॥ ४३ ॥

प्रभो! यह मेरा सातवाँ जन्म है, जो कमलसे उत्पन्न हुआ है। त्रिगुणातीत परमेश्वर! [illegible] प्रत्येक कल्पमें आपका पुत्र होकर प्रकट होता हूँ [illegible] ४३ ॥

प्रथितः पुण्डरीकाक्ष प्रधानगुणकल्पितः।
त्वमीश्वरः [illegible] स्वयम्भूः पुरुषोत्तमः ॥ ४४ ॥

कमलनयन! [illegible] पुत्र मैं [illegible] सत्त्वमय शरीरसे उत्पन्न हुआ हूँ। आप ईश्वर, स्वभाव, स्वयम्भू एवं पुरुषोत्तम हैं ॥ ४४ ॥

[illegible] विनिर्मितोऽहं वै वेदचक्षुर्वयोतिगः।
ते मे वेदा हृताश्चक्षुरन्धो जातोऽस्मि जागृहि ॥ ४५॥
ददस्व चक्षूंषि [illegible] प्रियोऽहं ते प्रियोऽसि मे।

आपने मुझे वेदरूपी नेत्रोंसे युक्त बनाया है। आपकी ही कृपासे कालातीत हूँ—मुझपर कालका जोर नहीं चलता। मेरे नेत्ररूप वे वेद दानवोंद्वारा हर लिये गये हैं; अतः मैं अन्धा-सा हो गया हूँ। प्रभो! निद्रा त्यागकर जागिये। मुझे मेरे नेत्र वापस दीजिये; क्योंकि मैं आपका प्रिय भक्त हूँ और आप मेरे प्रियतम स्वामी हैं ॥ ४५½ ॥

एवं स्तुतः [illegible] भगवान् पुरुषः सर्वतोमुखः ॥ ४६ ॥
जहौ निद्रामथ तदा वेदकार्यार्थमुद्यतः।

ब्रह्माजीके इस प्रकार स्तुति करनेपर सब ओर मुखवाले सबके अन्तर्यामी [illegible] भगवान्‌ने उसी [illegible] निद्रा त्याग दी और वे वेदोंकी [illegible] करनेके लिये उद्यत हो गये ॥ ४६½ ॥

ऐश्वर्येण प्रयोगेण द्वितीयां तनुमास्थितः ॥ ४७ ॥
सुनासिकेन कायेन भूत्वा चन्द्रप्रभस्तदा।
[illegible] हयशिरः शुभ्रं वेदानामालयं प्रभुः ॥ ४८ ॥

उन्होंने अपने ऐश्वर्यके योगसे दूसरा शरीर धारण किया, जो चन्द्रमाके [illegible] कान्तिमान् था। सुन्दर नासिका-वाले शरीरसे युक्त हो वे प्रभु घोड़ेके समान गर्दन और मुख [illegible] करके स्थित हुए। उनका वह [illegible] मुख सम्पूर्ण वेदोंका [illegible] [illegible] ॥ ४७-४८ ॥

तस्य मूर्धा समभवद् द्यौः सनक्षत्रतारका।
केशाश्चास्याभवन् दीर्घा रवेरंशुसमप्रभाः ॥ ४९ ॥

नक्षत्रों और तारओंसे युक्त स्वर्गलोक उनका सिर था। सूर्यकी किरणोंके समान चमकीले बड़े-बड़े बाल थे ॥ ४९ ॥

कर्णावाकाशपाताले [illegible] भूतधारिणी।
[illegible] [illegible] [illegible]श्रोण्यौ भ्रुवावास्तां महोदधी ॥ ५० ॥

[illegible] और [illegible] उनके कान थे एवं समस्त भूतोंको धारण करनेवाली पृथ्वी ललाट थी। गङ्गा और सरस्वती उनके नितम्ब तथा दो समुद्र उनकी दोनों भौंहें थे ॥ ५० ॥

चक्षुषी सोमसूर्यौ ते नासा संध्या पुनः स्मृता।
ॐकारस्त्वथ संस्कारो विद्युज्जिह्वा च निर्मिता ॥ ५१ ॥

चन्द्रमा और सूर्य उनके दोनों नेत्र [illegible] नासिका [illegible] थी। ॐकार संस्कार (आभूषण) और विद्युत् जिह्वा बनी हुई थी ॥ ५१ ॥

दन्ताश्च पितरो राजन् सोमपा इति विश्रुताः।
गोलोको ब्रह्मलोकश्च ओष्ठावास्तां महात्मनः ॥ ५२ ॥

राजन्! सोमपान करनेवाले पितर उनके दाँत सुने गये हैं तथा गोलोक और ब्रह्मलोक उन महात्माके ओष्ठ थे ॥

ग्रीवा चास्याभवद् राजन् कालरात्रिर्गुणोत्तरा।
एतद्धयशिरः कृत्वा नानामूर्तिभिरावृतम् [illegible] ५३ ॥
अन्तर्दधौ स विश्वेशो विवेश च रसां प्रभुः।

नरेश्वर! तमोमयी कालरात्रि उनकी ग्रीवा थी। इस [illegible] अनेक मूर्तियोंसे आवृत हयग्रीव रूप धारण करके [illegible] जगदीश्वर श्रीहरि वहाँसे अन्तर्धान हो गये और रसातलमें [illegible] पहुँचे ॥ ५३½ ॥

रसां पुनः प्रविष्टश्च योगं परममास्थितः ॥ ५४ ॥
शैक्ष्यं स्वरं [illegible] उद्गीतं प्रासृजत् स्वरम्।

रसातलमें प्रवेश करके परम योगका आश्रय ले शिक्षा-के नियमानुसार उदात्त आदि स्वरोंसे युक्त उच्च स्वरसे सामवेदका गान करने लगे ॥ ५४½ ॥

[illegible] स्वरः सानुनादी [illegible] सर्वशः स्निग्ध एव च [illegible] ५५ ॥
बभूवान्तर्महीभूतः सर्वभूतगुणोदितः।

नाद और स्वरसे विशिष्ट सामगानकी वह सर्वथा स्निग्ध एवं मधुर ध्वनि रसातलमें सब ओर फैल गयी, जो समस्त प्राणियोंके लिये गुणकारक थी [illegible] ५५½ ॥

ततस्तावसुरौ [illegible] वेदान् समयबन्धनान् ॥ ५६ ॥
रसातले विनिक्षिप्य [illegible] शब्दस्ततो द्रुतौ।

उन दोनों असुरोंने वह शब्द सुनकर वेदोंको कालपाशसे आबद्ध करके रसातलमें फेंक दिया और स्वयं उसी ओर दौड़े जिधरसे वह ध्वनि [illegible] रही थी ॥ ५६½ ॥

एतस्मिन्नन्तरे राजन् देवो हयशिरोधरः ॥ ५७ ॥
जग्राह वेदानखिलान् रसातलगतान् हरिः।
प्रादाच्च ब्रह्मणे भूयस्ततः स्वां प्रकृतिं गतः ॥ ५८ [illegible]

राजन्! इसी बीचमें हयग्री[illegible] रूपधारी भगवान् श्रीहरिने रसातलमें पड़े हुए उन सम्पूर्ण वेदोंको ले लिया तथा

ब्रह्माजीको पुनः वापस दे दिया और फिर वे अपने आदि रूपमें आ गये ॥ ५७-५८ ॥

स्थापयित्वा हयशिर उदक्पूर्वे महोदधौ ।
वेदानामालयं चापि बभूवाश्वशिरास्ततः ॥ ५९ ॥

भगवान्‌ने महासागरके पूर्वोत्तरभागमें वेदोंके आश्रयभूत अपने हयग्रीव रूपकी स्थापना करके पुनः पूर्वरूप धारण कर लिया । तबसे भगवान् हयग्रीव वहीं रहने लगे ॥ ५९ ॥

अथ किंचिदपश्यन्तौ दानवौ मधुकैटभौ ।
पुनराजग्मतुस्तत्र वेगितौ पश्यतां च तौ ॥ ६० ॥
यत्र वेदा विनिक्षिप्तास्तत् स्थानं शून्यमेव च ।

इधर वेदध्वनिके स्थानपर आकर मधु और कैटभ दोनों दानवोंने जब कुछ नहीं देखा, तब वे बड़े वेगसे फिर वहीं लौट आये, जहाँ उन वेदोंको नीचे डाल रखा था । वहाँ देखनेपर उन्हें वह स्थान सूना ही दिखायी दिया ॥ ६०½ ॥

तत उत्तममास्थाय वेगं बलवतां वरौ ॥ ६१ ॥
पुनरुत्तस्थतुः शीघ्रं रसानामालयात् तदा ।
ददृशाते च पुरुषं तमेवादिकरं प्रभुम् ॥ ६२ ॥
श्वेतं चन्द्रविशुद्धाभमनिरुद्धतनौ स्थितम् ।
भूयोऽप्यमितविक्रान्तं निद्रायोगमुपागतम् ॥ ६३ ॥

तब वे बलवानोंमें श्रेष्ठ दोनों दानव पुनः उत्तम वेगका आश्रय ले रसातलसे शीघ्र ही ऊपर उठे और ऊपर आकर देखते हैं तो वे ही आदिकर्ता भगवान् पुरुषोत्तम दृष्टिगोचर हुए । जो चन्द्रमाके समान विशुद्ध, उज्ज्वल प्रभासे विभूषित, गौरवर्णके थे । वे उस समय अनिरुद्ध-विग्रहमें स्थित थे और वे अमित पराक्रमी भगवान् योगनिद्राका आश्रय लेकर सो रहे थे ॥ ६१-६३ ॥

आत्मप्रमाणरचिते अपामुपरि कल्पिते ।
शयने नागभोगाढ्ये ज्वालामालासमावृते ॥ ६४ ॥
निष्कल्मषेण सत्त्वेन सम्पन्नं रुचिरप्रभम् ।
तं दृष्ट्वा दानवेन्द्रौ तौ महाहासममुञ्चताम् ॥ ६५ ॥

पानीके ऊपर शेषनागके शरीरकी शय्या निर्मित हुई थी, जिसकी लम्बाई भगवान्‌के श्रीविग्रहके अनुरूप ही थी । वह शय्या ज्वालामालाओंसे आवृत जान पड़ती थी । उसके ऊपर विशुद्ध सत्त्वगुणसे सम्पन्न मनोहर कान्तिवाले भगवान् नारायण सो रहे थे । उन्हें देखकर वे दोनों दानवराज ठहाका मारकर जोर-जोरसे हँसने लगे ॥ ६४-६५ ॥

ऊचतुश्च समाविष्टौ रजसा तमसा च तौ ।
अयं स पुरुषः श्वेतः शेते निद्रामुपागतः ॥ ६६ ॥
अनेन नूनं वेदानां कृतमाहरणं रसात् ।
कस्यैष को नु खल्वेष किं च स्वपिति भोगवान् ॥ ६७ ॥

रजोगुण और तमोगुणसे आविष्ट हुए वे दोनों [illegible] परस्पर कहने लगे, 'यह जो श्वेतवर्णवाला पुरुष निद्रामें निमग्न होकर सो रहा है, निश्चय ही इसीने रसातलसे वेदोंका अपहरण किया है । यह किसका पुत्र है ? कौन है ? और क्यों यहाँ सर्पके शरीरकी शय्यापर सो रहा है ?' ॥ ६६-६७ ॥

इत्युच्चारितवाक्यौ तौ बोधयामासतुर्हरिम् ।
युद्धार्थिनौ हि विज्ञाय विबुद्धः पुरुषोत्तमः ॥ ६८ ॥
निरीक्ष्य चासुरेन्द्रौ तौ ततो युद्धे मनो दधे ।

इस प्रकार बातचीत करके उन दोनोंने भगवान्‌को जगाया । उन्हें युद्धके लिये उत्सुक जान भगवान् पुरुषोत्तम जाग उठे । फिर उन दोनों असुरेन्द्रोंका अच्छी तरह निरीक्षण करके उन्होंने मन-ही-मन उनके साथ युद्ध करनेका निश्चय किया ॥ ६८½ ॥

[illegible] युद्धं समभवत् तयोर्नारायणस्य वै ॥ ६९ ॥
रजस्तमोविष्टतनू तावुभौ मधुकैटभौ ।
ब्रह्मणोपचितिं कुर्वन् जघान मधुसूदनः ॥ ७० ॥

फिर तो उन दोनों असुरोंका और भगवान् नारायणका युद्ध आरम्भ हो गया । भगवान् मधुसूदनने ब्रह्माजीका मान रखनेके लिये तमोगुण और रजोगुणसे आविष्ट शरीरवाले [illegible] दोनों दैत्यों—मधु और कैटभको मार डाला ॥ ६९-७० ॥

ततस्तयोर्वधेनाशु वेदापहरणेन च ।
शोकापनयनं चक्रे ब्रह्मणः पुरुषोत्तमः ॥ ७१ ॥

[illegible] प्रकार वेदोंको वापस लाकर और [illegible]-कैटभका वध करके भगवान् पुरुषोत्तमने ब्रह्माजीका शोक दूर [illegible] दिया ॥

ततः परिवृतो ब्रह्मा हरिणा वेदसत्कृतः।
निर्ममे स तदा लोकान् कृत्स्नान् स्थावरजङ्गमान् ॥७२॥

तत्पश्चात् वेदसे सम्मानित और भगवान्‌से सुरक्षित होकर ब्रह्माजीने समस्त चराचर जगत्‌की सृष्टि की ॥ ७२ ॥

दत्त्वा पितामहायाग्र्यां मतिं लोकविसर्गिकीम्।
तत्रैवान्तर्दधे देवो यत आगतो हरिः ॥ ७३॥

ब्रह्माजीको लोक-रचनाकी श्रेष्ठ बुद्धि देकर भगवान् नारायणदेव वहीं अन्तर्धान हो गये। वे जहाँसे आये थे, वहीं चले गये ॥ ७३ ॥

तौ दानवौ हरिर्हत्वा कृत्वा हयशिरस्तनुम्।
पुनः प्रवृत्तिधर्मार्थं तामेव विदधे तनुम् ॥ ७४ ॥

श्रीहरिने इस प्रकार हयग्रीवरूप धारण करके उन दोनों दानवोंका वध किया था। उन्होंने पुनः प्रवृत्तिधर्मका प्रचार करनेके लिये ही उस शरीरको प्रकट किया था ॥ ७४ ॥

एवमेष महाभागो बभूवाश्वशिरा हरिः।
पौराणमेतत् प्रख्यातं रूपं वरदमैश्वरम् ॥ ७५ ॥

इस तरह महाभाग श्रीहरिने हयग्रीवरूप धारण किया था। भगवान्‌का यह वरदायक रूप पुरातन एवं पुराण-प्रसिद्ध है॥

यो ह्येतद् ब्राह्मणो नित्यं शृणुयाद् धारयीत वा।
न तस्याध्ययनं नाशमुपगच्छेत् कदाचन ॥ ७६ ॥

जो ब्राह्मण प्रतिदिन इस अवतार-कथाको सुनता या स्मरण करता है, उसका अध्ययन कभी नष्ट (निष्फल) नहीं होता है ॥ ७६ ॥

आराध्य तपसोग्रेण देवं हयशिरोधरम्।
पाञ्चालेन क्रमः प्राप्तो देवेन पथि देशिते ॥ ७७ ॥

महादेवजीके बताये हुए मार्गपर चलकर उग्र तपस्याद्वारा भगवान् हयग्रीवकी आराधना करके पाञ्चालदेशीय गालवमुनिने वेदोंका क्रमविभाग प्राप्त किया था ॥ ७७ ॥

एतद्धयशिरो राजन्नाख्यानं तव कीर्तितम्।
पुराणं वेदसमितं यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥७८॥

राजन्! तुमने जिसके लिये मुझसे पूछा था, यह हयग्रीवावतारकी वेदानुमोदित प्राचीन कथा मैंने तुम्हें सुनायी॥

यां यामिच्छेत् तनुं देवः कर्तुं कार्यविधौ क्वचित्।
तां तां कुर्याद् विकुर्वाणः स्वयमात्मानमात्मना ॥ ७९॥

परमात्मा कार्यसाधनके लिये जिस-जिस शरीरको धारण करना चाहते हैं, उसे कार्य करते समय स्वयं ही प्रकट कर लेते हैं ॥ ७९ ॥

एष वेदनिधिः श्रीमानेष वै तपसो निधिः।
एष योगश्च सांख्यं च ब्रह्म चाग्र्यं हविर्विभुः ॥ ८० ॥

ये श्रीमान् हरि वेद और तपस्याकी निधि हैं। ये ही योग, सांख्य, ब्रह्म, श्रेष्ठ हविष्य और विभु हैं ॥ ८० ॥

नारायणपरा वेदा यज्ञा नारायणात्मकाः।
तपो नारायणपरं नारायणपरा गतिः ॥ ८१ ॥

वेदोंका पर्यवसान भगवान् नारायणमें ही है। यज्ञ नारायणके ही स्वरूप हैं। तपस्याके परम फल भगवान् नारायण ही हैं तथा नारायणकी प्राप्ति ही सर्वोत्तम गति है ॥ ८१ ॥

नारायणपरं सत्यमृतं नारायणात्मकम्।
नारायणपरो धर्मः पुनरावृत्तिदुर्लभः ॥ ८२ ॥

सत्यके परम लक्ष्य नारायण ही हैं। ऋत नारायणका ही स्वरूप है। जिसके आचरणसे पुनर्जन्मकी प्राप्ति नहीं होती, उस निवृत्तिप्रधान धर्मके भी चरम लक्ष्य भगवान् नारायण ही हैं ॥ ८२ ॥

प्रवृत्तिलक्षणश्चैव धर्मो नारायणात्मकः।
नारायणात्मको गन्धो भूमौ श्रेष्ठतमः स्मृतः ॥ ८३ ॥

प्रवृत्तिरूप धर्म भी नारायणका ही स्वरूप है। भूमिका श्रेष्ठतम गुण गन्ध भी नारायणमय ही है ॥ ८३ ॥

अपां चापि गुणा राजन् रसा नारायणात्मकाः।
ज्योतिषां च परं रूपं स्मृतं नारायणात्मकम् ॥ ८४ ॥

राजन्! जलका गुण रस भी नारायणका ही स्वरूप है। तेजका उत्तम गुण रूप भी नारायणमय ही है ॥ ८४ ॥

नारायणात्मकश्चापि स्पर्शो वायुगुणः स्मृतः।
नारायणात्मकश्चैव शब्द आकाशसम्भवः ॥ ८५ ॥

वायुका गुण स्पर्श भी नारायणस्वरूप ही है तथा आकाशका गुण शब्द भी नारायणमय ही है ॥ ८५ ॥

मनश्चापि ततो भूतमव्यक्तगुणलक्षणम्।
नारायणपरः कालो ज्योतिषामयनं च यत् ॥ ८६ ॥

अव्यक्त गुण एवं लक्षणवाला मन नामक भूत, काल और नक्षत्रमण्डल—ये सब नारायणके ही आश्रित हैं ॥ ८६ ॥

नारायणपरा कीर्तिः श्रीश्च लक्ष्मीश्च देवताः।
नारायणपरं सांख्यं योगो नारायणात्मकः ॥ ८७ ॥

कीर्ति, श्री और लक्ष्मी आदि देवियाँ नारायणको ही अपना परम आश्रय मानती हैं। सांख्यका परम तात्पर्य भी नारायण ही हैं और योग भी नारायणका ही स्वरूप है ॥

कारणं पुरुषो ह्येषां प्रधानं चापि कारणम्।
स्वभावश्चैव कर्माणि दैवं येषां च कारणम् ॥ ८८ ॥

पुरुष, प्रधान, स्वभाव, कर्म तथा दैव—ये जिन वस्तुओंके कारण हैं, वे भी नारायणरूप ही हैं ॥ ८८ ॥

अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम्।
विविधा च तथा चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम् ॥ ८९ ॥
पञ्चकारणसंख्यातो निष्ठा सर्वत्र वै हरिः।

अधिष्ठान, कर्ता, भिन्न-भिन्न प्रकारके करण, नाना

प्रकारकी अलग-अलग चेष्टाएँ तथा पाँचवाँ दैव—इन पाँच कारणोंके रूपमें सर्वत्र श्रीहरि ही विराजमान हैं ॥ ८९३ ॥

तत्त्वं जिज्ञासमानानां हेतुभिः सर्वतोमुखैः ॥ ९० ॥
तत्त्वमेको महायोगी हरिर्नारायणः प्रभुः ।

जो लोग सर्वव्यापक हेतुओंद्वारा तत्त्वको जाननेकी इच्छा रखते हैं, उनके लिये महायोगी भगवान् नारायण हरि ही एकमात्र ज्ञातव्य तत्त्व हैं ॥ ९०३ ॥

ब्रह्मादीनां स लोकानामृषीणां च महात्मनाम् ॥ ९१ ॥
सांख्यानां योगिनां चापि यतीनामात्मवेदिनाम् ।
मनीषितं विजानाति केशवो न तु तस्य ते ॥ ९२ ॥

भगवान् केशव ब्रह्मा आदि देवताओं, सम्पूर्ण लोकों, महात्मा-ऋषियों, सांख्यवेत्ताओं, योगियों और आत्मज्ञानी यतियोंके मनकी बातें भी जानते हैं; परंतु उनके मनमें क्या है ? यह उनमेंसे किसीको पता नहीं है ॥ ९१-९२ ॥

ये केचित् सर्वलोकेषु दैवं पित्र्यं च कुर्वते ।
दानानि च प्रयच्छन्ति तप्यन्ते च तपो महत् ॥ ९३ ॥
सर्वेषामाश्रयो विष्णुरैश्वरं विधिमास्थितः ।
सर्वभूतकृतावासो वासुदेवेति चोच्यते ॥ ९४ ॥

समस्त विश्वमें जो कोई देवताओंके लिये यज्ञ और पितरोंके लिये श्राद्ध करते हैं, दान देते हैं और बड़ी भारी तपस्या करते हैं, उन सबके आश्रय भगवान् विष्णु ही हैं । वे अपने ऐश्वर्ययोगमें स्थित रहते हैं । सम्पूर्ण प्राणियोंके आवासस्थान होनेके कारण वे 'वासुदेव' कहे जाते हैं ॥ ९३-९४ ॥

अयं हि नित्यः परमो महर्षि-
र्महाविभूतिर्गुणवर्जिताख्यः ।
गुणैश्च संयोगमुपैति शीघ्रं
कालो यथर्तावृतुसम्प्रयुक्तः ॥ ९५ ॥

ये परम महर्षि नारायण नित्य, महान् ऐश्वर्यसे युक्त और गुणोंसे रहित हैं तथापि जैसे गुणहीन काल ऋतुके गुणोंसे युक्त होता है, उसी प्रकार वे भी समय-समयपर गुणोंको स्वीकार करके उनसे संयुक्त होते हैं ॥ ९५ ॥

नैवास्य विन्दन्ति गतिं महात्मनो
न चागतिं कश्चिदिहानुपश्यति ।
ज्ञानात्मकाः सन्ति हि ये महर्षयः
पश्यन्ति नित्यं पुरुषं गुणाधिकम् ॥ ९६ ॥

उन महात्माकी गतिको कोई नहीं जानता । उनके आगमनका भी यहाँ किसीको कुछ पता नहीं चलता । जो ज्ञानस्वरूप महर्षि हैं, वे ही उन नित्य, अन्तर्यामी एवं अनन्तगुणविभूषित परमात्माका साक्षात्कार करते हैं ॥ ९६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीये सप्तचत्वारिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३४७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणकी महिमाविषयक तीन सौ सैंतालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३४७ ॥

अष्टचत्वारिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

सात्वत-धर्मकी उपदेश-परम्परा तथा भगवान्‌के प्रति ऐकान्तिक भावकी महिमा

जनमेजय उवाच

अहो ह्येकान्तिनः सर्वान् प्रीणाति भगवान् हरिः ।
विधिप्रयुक्तां पूजां च गृह्णाति भगवान् स्वयम् ॥ १ ॥

जनमेजयने कहा—ब्रह्मन् ! भगवान् अनन्यभावसे भजन करनेवाले सभी भक्तोंको प्रसन्न करते और उनकी विधिवत् की हुई पूजाको स्वयं ग्रहण करते हैं; यह कितने आनन्दकी बात है ॥ १ ॥

ये तु दग्धेन्धना लोके पुण्यपापविवर्जिताः ।
तेषां त्वयाभिनिर्दिष्टा पारम्पर्यागता गतिः ॥ २ ॥

संसारमें जिन लोगोंकी वासनाएँ दग्ध हो गयी हैं और जो पुण्य-पापसे रहित हो गये हैं, उन्हें परम्परासे जो गति प्राप्त होती है, उसका भी आपने वर्णन किया है ॥ २ ॥

चतुर्थ्यां चैव ते गत्यां गच्छन्ति पुरुषोत्तमम् ।
एकान्तिनस्तु पुरुषा गच्छन्ति परमं पदम् ॥ ३ ॥

जो भगवान्‌के अनन्य भक्त हैं, वे साधुपुरुष अनिरुद्ध, प्रद्युम्न और सङ्कर्षणकी अपेक्षा न रखकर वासुदेवसंज्ञक चौथी गतिमें पहुँचकर भगवान् पुरुषोत्तम एवं उनके परमपदको प्राप्त कर लेते हैं ॥ ३ ॥

नूनमेकान्तधर्मोऽयं श्रेष्ठो नारायणप्रियः ।
अगत्वा गतयस्तिस्रो यद् गच्छन्त्यव्ययं हरिम् ॥ ४ ॥

निश्चय ही यह अनन्यभावसे भगवान्‌का भजनरूप धर्म श्रेष्ठ एवं श्रीनारायणको परम प्रिय है; क्योंकि इसका आश्रय लेनेवाले भक्तजन उक्त तीन गतियोंको प्राप्त न होकर सीधे चौथी गतिमें पहुँचकर अविनाशी श्रीहरिको प्राप्त कर लेते हैं ॥ ४ ॥

सहोपनिषदान् वेदान् ये विप्राः सम्यगास्थिताः ।
पठन्ति विधिमास्थाय ये चापि यतिधर्मिणः ॥ ५ ॥

तेभ्यो विशिष्टां जानामि गतिमेकान्तिनां नृणाम्।

जो ब्राह्मण उपनिषदोंसहित सम्पूर्ण वेदोंका भलीभाँति आश्रय ले उनका विधिपूर्वक स्वाध्याय करते हैं तथा जो संन्यास-धर्मका पालन करनेवाले हैं, इन सबसे उत्तम गति उन्हींको प्राप्त होती है, जो भगवान्‌के अनन्य भक्त होते हैं॥ ५½ ॥

केनैष धर्मः कथितो देवेन ऋषिणापि वा ॥ ६ ॥
एकान्तिनां च का चर्या कदा चोत्पादिता विभो।
एतन्मे संशयं छिन्धि परं कौतूहलं हि मे ॥ ७ ॥

भगवन्! इस भक्तिरूप धर्मका किस देवता अथवा ऋषिने उपदेश किया है? अनन्य भक्तोंकी जीवनचर्या क्या है? और वह कबसे प्रचलित हुई? मेरे इस संशयका निवारण कीजिये। इस विषयको सुननेके लिये मेरे मनमें बड़ी उत्कण्ठा हो रही है॥

वैशम्पायन उवाच

समुपोढेष्वनीकेषु कुरुपाण्डवयोर्मृधे।
अर्जुने विमनस्के च गीता भगवता स्वयम् ॥ ८ ॥

वैशम्पायनजीने कहा—राजन्! जिस समय कौरव और पाण्डवोंकी सेनाएँ युद्धके लिये आमने-सामने डटी हुई थीं और अर्जुन युद्धसे अनमने हो रहे थे, उस समय स्वयं भगवान्‌ने उन्हें गीतामें इस धर्मका उपदेश दिया ॥ ८ ॥

आगतिश्च गतिश्चैव पूर्वं ते कथिता मया।
गहनो ह्येष धर्मो वै दुर्विज्ञेयोऽकृतात्मभिः ॥ ९ ॥

मैंने पहले तुमसे गति और अगतिका स्वरूप भी बताया था। यह धर्म गहन तथा अजितात्मा पुरुषोंके लिये दुर्गम है ॥ ९ ॥

सम्मितः सामवेदेन पुरैवादियुगे कृतः।
धार्यते स्वयमीशेन राजन् नारायणेन च ॥ १० ॥

राजन्! यह धर्म सामवेदके समान है। प्राचीनकालके सत्ययुगसे ही यह प्रचलित हुआ है। स्वयं जगदीश्वर भगवान् नारायण ही इस धर्मको धारण करते हैं ॥ १० ॥

एतदर्थं महाराज पृष्टः पार्थेन नारदः।
ऋषिमध्ये महाभागः शृण्वतोः कृष्णभीष्मयोः॥ ११ ॥

महाराज! कुन्तीपुत्र युधिष्ठिरने ऋषियोंके बीचमें महाभाग नारदजीसे यही विषय पूछा था। उस समय श्रीकृष्ण और भीष्म भी इस विषयको सुन रहे थे ॥ ११ ॥

गुरुणा च मयाप्येष कथितो नृपसत्तम।
यथा तत् कथितं तत्र नारदेन तथा शृणु ॥ १२ ॥

नृपश्रेष्ठ! मेरे गुरु व्यासजीने और मैंने भी यह विषय कहा था; परंतु वहाँ नारदजीने उस विषयका जैसा वर्णन किया था, उसे बताता हूँ, सुनो ॥ १२ ॥

यदासीन्मानसं जन्म नारायणमुखोद्गतम्।
ब्रह्मणः पृथिवीपाल तदा नारायणः स्वयम् ॥ १३ ॥

तेन धर्मेण कृतवान् दैवं पित्र्यं च भारत।
फेनपा ऋषयश्चैव तं धर्मं प्रतिपेदिरे ॥ १४ ॥

भूपाल! सृष्टिके आदिमें जब भगवान् नारायणके मुखसे ब्रह्माजीका मानसिक जन्म हुआ था, उस समय साक्षात् नारायणने उन्हें इस धर्मका उपदेश किया था। भरतनन्दन! नारायणने उस धर्मसे देवताओं और पितरोंका पूजनादि कर्म किया था। फिर फेनप ऋषियोंने उस धर्मको ग्रहण किया ॥ १३-१४ ॥

वैखानसाः फेनपेभ्यो धर्मं तं प्रतिपेदिरे।
वैखानसेभ्यः सोमस्तु ततः सोऽन्तर्दधे पुनः ॥ १५ ॥

फेनपोंसे वैखानसोंने उस धर्मको उपलब्ध किया। उनसे सोमने उसे ग्रहण किया। तदनन्तर वह धर्म फिर लुप्त हो गया ॥

यदासीच्चाक्षुषं जन्म द्वितीयं ब्रह्मणो नृप।
तदा पितामहेनैव सोमाद् धर्मः परिश्रुतः ॥ १६ ॥
नारायणात्मको राजन् रुद्राय प्रददौ च तम्।

नरेश्वर! जब ब्रह्माजीका नेत्रजनित द्वितीय जन्म हुआ, तब उन्होंने सोमसे उस नारायण-स्वरूप धर्मको सुना था। राजन्! ब्रह्माजीने रुद्रको इसका उपदेश दिया ॥ १६½ ॥

ततो योगस्थितो रुद्रः पुरा कृतयुगे नृप ॥ १७ ॥
वालखिल्यानृषीन् सर्वान् धर्ममेतदपाठयत्।
अन्तर्दधे ततो भूयस्तस्य देवस्य मायया ॥ १८ ॥

नरेश्वर! तत्पश्चात् योगनिष्ठ रुद्रने पूर्वकालके कृतयुगमें सम्पूर्ण वालखिल्य ऋषियोंको इस धर्मसे अवगत कराया; तदनन्तर भगवान् विष्णुकी मायासे वह धर्म फिर लुप्त हो गया ॥ १७-१८ ॥

तृतीयं ब्रह्मणो जन्म यदासीद् वाचिकं महत्।
तत्रैष धर्मः सम्भूतः स्वयं नारायणान्नृप ॥ १९ ॥

राजन्! जब भगवान्‌की वाणीसे ब्रह्माजीका तीसरा महत्त्व-पूर्ण जन्म हुआ, तब फिर साक्षात् नारायणसे ही यह धर्म प्रकट हुआ ॥ १९ ॥

सुपर्णो नाम तमृषिः प्राप्तवान् पुरुषोत्तमात्।
तपसा वै सुतप्तेन दमेन नियमेन च ॥ २० ॥

सुपर्ण नामक ऋषिने इन्द्रियसंयम और मनोनिग्रहपूर्वक भलीभाँति तपस्या करके भगवान् पुरुषोत्तमसे इस धर्मको प्राप्त किया ॥ २० ॥

त्रिः परिक्रान्तवानेतत् सुपर्णो धर्ममुत्तमम्।
यस्मात् तस्माद् व्रतं ह्येतत् त्रिसौपर्णमिहोच्यते ॥ २१ ॥

सुपर्णने प्रतिदिन इस उत्तम धर्मकी तीन आवृत्ति की थी, इसलिये इस व्रत या धर्मको यहाँ 'त्रिसौपर्ण' कहते हैं ॥ २१ ॥

ऋग्वेदपाठपठितं व्रतमेतद्धि दुश्चरम्।
सुपर्णाच्चाप्यधिगतो धर्म एष सनातनः ॥ २२ ॥
वायुना द्विपदां श्रेष्ठ कथितो जगदायुषा।

यह दुष्कर धर्म ऋग्वेदके पाठमें स्पष्टरूपसे पढ़ा गया है। नरश्रेष्ठ ! सुपर्णसे उस सनातन धर्मको इस जगत्‌के प्राणस्वरूप वायुने प्राप्त किया ॥ २२½ ॥

वायोः सकाशात् प्राप्तश्च ऋषिभिर्विघसाशिभिः ॥ २३ ॥
ततो महोदधिश्चैव प्राप्तवान् धर्ममुत्तमम् ।
अन्तर्दधे ततो भूयो नारायणसमाहितः ॥ २४ ॥

वायुसे विघसाशी ऋषियोंने इस धर्मका उपदेश ग्रहण किया। उनसे महोदधिको इस उत्तम धर्मकी प्राप्ति हुई। तत्पश्चात् यह धर्म फिर लुप्त होकर भगवान् नारायणमें विलीन हो गया ॥ २३-२४ ॥

यदा भूयः श्रवणजा सृष्टिरासीन्महात्मनः ।
ब्रह्मणः पुरुषव्याघ्र तत्र कीर्तयतः शृणु ॥ २५ ॥

पुरुषसिंह ! जब पुनः भगवान्‌के कानोंसे महात्मा ब्रह्माजीकी चौथी बार उत्पत्ति हुई, तब जिस प्रकार इस धर्मका प्रादुर्भाव हुआ था, वह बताता हूँ; सुनो ॥ २५ ॥

जगत्स्रष्टुमना देवो हरिर्नारायणः स्वयम् ।
चिन्तयामास पुरुषं जगत्सर्गकरं प्रभुम् ॥ २६ ॥

साक्षात् भगवान् नारायण हरिने जगत्‌की सृष्टि करनेकी इच्छासे एक ऐसे पुरुषका चिन्तन किया, जो संसारकी सृष्टि करनेमें पूर्णतः समर्थ हो ॥ २६ ॥

अथ चिन्तयतस्तस्य कर्णाभ्यां पुरुषः स्मृतः ।
प्रजासर्गकरो ब्रह्मा तमुवाच जगत्पतिः ॥ २७ ॥
सृज प्रजाः पुत्र सर्वा मुखतः पादतस्तथा ।

कहा जाता है, चिन्तन करते समय भगवान्‌के दोनों कानोंसे एक पुरुषका प्रादुर्भाव हुआ। वही प्रजाकी सृष्टि करनेवाला ब्रह्मा हुआ। जगदीश्वर नारायणने ब्रह्मासे कहा—'बेटा ! तुम अपने मुखसे लेकर पैरतकके अङ्गोंसे समस्त प्रजाकी सृष्टि करो ॥ २७½ ॥

श्रेयस्तव विधास्यामि बलं तेजश्च सुव्रत ॥ २८ ॥
धर्मं च मत्तो गृह्णीष्व सात्वतं नाम नामतः ।
तेन सृष्टं कृतयुगं स्थापयस्व यथाविधि ॥ २९ ॥

'उत्तम व्रतका पालन करनेवाले पुत्र ! मैं तुम्हारा कल्याण करूँगा और तुम्हारे भीतर तेज एवं बलकी वृद्धि करता रहूँगा। तुम मुझसे इस सात्वत नामक धर्मको ग्रहण करो और उसके द्वारा विधिपूर्वक सत्ययुगकी सृष्टि करके उसकी स्थापना करो' ॥ २९ ॥

ततो ब्रह्मा नमश्चक्रे देवाय हरिमेधसे ।
धर्मं चाग्र्यं स जग्राह सरहस्यं ससंग्रहम् ॥ ३० ॥
आरण्यकेन सहितं नारायणमुखोद्भवम् ।

तदनन्तर ब्रह्माने भगवान् श्रीहरिको नमस्कार किया और उन्हीं नारायणदेवके मुखसे प्रकट आरण्यक, [illegible] तथा रहस्यसहित उस श्रेष्ठ धर्मका उपदेश ग्रहण किया ॥ ३०½ ॥

उपदिश्य ततो धर्मं ब्रह्मणेऽमिततेजसे ॥ ३१ ॥
त्वं कर्ता युगधर्माणां निराशीःकर्मसंज्ञितम् ।

अमिततेजस्वी ब्रह्माको इस धर्मका उपदेश देकर उस समय भगवान्‌ने उनसे कहा—'तुम निष्कामभावसे सारे कर्म करते हुए युगधर्मोंके प्रवर्तक बनो' ॥ ३१½ ॥

जगाम तमसः पारं यत्राव्यक्तं व्यवस्थितम् ॥ ३२ ॥
ततोऽथ वरदो देवो ब्रह्मा लोकपितामहः ।
असृजत् स ततो लोकान् कृत्स्नान् स्थावरजङ्गमान् ॥ ३३ ॥

यह आदेश देकर वे अज्ञानान्धकारसे परे विराजमान अपने परम अव्यक्त धामको चले गये। तदनन्तर वरदायक देवता लोकपितामह ब्रह्माने सम्पूर्ण चराचर लोकोंकी सृष्टि की ॥ ३२-३३ ॥

ततः प्रावर्तत तदा आदौ कृतयुगं शुभम् ।
ततो हि सात्वतो धर्मो व्याप्य लोकानवस्थितः ॥ ३४ ॥

फिर तो सृष्टिके आरम्भमें कल्याणकारी कृतयुगकी प्रवृत्ति हुई और तबसे सात्वतधर्म सारे संसारमें व्याप्त हो गया ॥ ३४ ॥

तेनैवाद्येन धर्मेण ब्रह्मा लोकविसर्गकृत् ।
पूजयामास देवेशं हरिं नारायणं प्रभुम् ॥ ३५ ॥

लोकस्रष्टा ब्रह्माने उसी आदिधर्मके द्वारा देवेश्वर भगवान् नारायण हरिकी आराधना की ॥ ३५ ॥

धर्मप्रतिष्ठाहेतोश्च मनुं स्वारोचिषं ततः ।
अध्यापयामास तदा लोकानां हितकाम्यया ॥ ३६ ॥

फिर इस धर्मकी प्रतिष्ठाके लिये समस्त लोकोंके हितकी कामनासे उन्होंने स्वारोचिषमनुको उस समय इस धर्मका उपदेश किया ॥ ३६ ॥

ततः स्वारोचिषः पुत्रं स्वयं शङ्खपदं नृप ।
अध्यापयत् पुराव्यग्रः सर्वलोकपतिर्विभुः ॥ ३७ ॥

नरेश्वर ! उन दिनों स्वारोचिष मनु ही सम्पूर्ण लोकोंके अधिपति एवं प्रभु थे। उन्होंने शान्तभावसे पहले अपने पुत्र शङ्खपदको स्वयं इस धर्मका ज्ञान प्रदान किया ॥ ३७ ॥

ततः शङ्खपदश्चापि पुत्रमात्मजमौरसम् ।
दिशां पालं सुवर्णाभमध्यापयत भारत ।
सोऽन्तर्दधे ततो भूयः प्राप्ते त्रेतायुगे पुनः ॥ ३८ ॥

भारत ! फिर शङ्खपदने भी अपने औरस पुत्र दिक्पाल सुवर्णाभको इस धर्मका अध्ययन कराया। इसके बाद त्रेता युग प्राप्त होनेपर वह धर्म फिर लुप्त हो गया ॥ ३८ ॥

नासिक्ये जन्मनि पुरा ब्रह्मणः पार्थिवोत्तम ।
धर्ममेतं स्वयं देवो हरिर्नारायणः प्रभुः ॥ ३९ ॥
तज्जगादारविन्दाक्षो ब्रह्मणः पश्यतस्तदा ।

नृपश्रेष्ठ ! फिर पूर्वकालमें ब्रह्माजीने नासिकाके द्वारा

जब पाँचवाँ जन्म ग्रहण किया, तब स्वयं कमलनयन भगवान् नारायण हरिने ब्रह्माजीके सामने इस धर्मका उपदेश दिया ॥

सनत्कुमारो भगवांस्ततः प्राधीतवान् नृप ॥ ४० ॥
सनत्कुमारादपि च वीरणो वै प्रजापतिः ।
कृतादौ कुरुशार्दूल धर्ममेतदधीतवान् ॥ ४१ ॥

नरेश्वर ! तत्पश्चात् भगवान् सनत्कुमारने उनसे उस सात्वत धर्मका उपदेश ग्रहण किया । कुरुश्रेष्ठ ! सनत्कुमारसे वीरण प्रजापतिने कृतयुगके आदिमें इस धर्मका उपदेश ग्रहण किया ॥ ४०-४१ ॥

वीरणश्चाप्यधीत्यैनं रैभ्याय मुनये ददौ ।
रैभ्यः पुत्राय शुद्धाय सुव्रताय सुमेधसे ॥ ४२ ॥
कुक्षिनाम्ने स प्रददौ दिशां पालाय धर्मिणे ।
ततोऽप्यन्तर्दधे भूयो नारायणमुखोद्भवः ॥ ४३ ॥

वीरणने इसका अध्ययन करके रैभ्यमुनिको उपदेश दिया । रैभ्यने उत्तम व्रतका पालन करनेवाले श्रेष्ठ बुद्धिसे युक्त धर्मात्मा एवं शुद्ध आचार-विचारवाले अपने पुत्र दिक्पाल कुक्षिको इसका उपदेश दिया । तदनन्तर नारायणके मुखसे निकला हुआ यह सात्वत धर्म फिर लुप्त हो गया ॥४२-४३॥

अण्डजे जन्मनि पुनर्ब्रह्मणे हरियोनये ।
एष धर्मः समुद्भूतो नारायणमुखात् पुनः ॥ ४४ ॥

इसके बाद जब ब्रह्माजीका अण्डसे ■■ जन्म हुआ, तब भगवान्से उत्पन्न हुए ब्रह्माजीके लिये पुनः भगवान् नारायणके मुखसे यह धर्म प्रकट हुआ ॥ ४४ ॥

गृहीतो ब्रह्मणा राजन् प्रयुक्तश्च यथाविधि ।
अध्यापिताश्च मुनयो नाम्ना बर्हिषदो नृप ॥ ४५ ॥

राजन् ! ब्रह्माजीने इस धर्मको ग्रहण किया और वे विधिपूर्वक उसे अपने उपयोगमें लाये । नरेश्वर ! फिर उन्होंने बर्हिषद् नामवाले मुनियोंको इसका अध्ययन कराया ॥ ४५ ॥

बर्हिषद्भ्यश्च सम्प्राप्तः सामवेदान्तगं द्विजम् ।
ज्येष्ठं नामाभिविख्यातं ज्येष्ठसामव्रतो हरिः ॥ ४६ ॥

बर्हिषद् नामक ऋषियोंसे इस धर्मका उपदेश ज्येष्ठ नामसे प्रसिद्ध एक ब्राह्मणको मिला, जो सामवेदके पारङ्गत विद्वान् थे । ज्येष्ठसामकी उपासनाका उन्होंने व्रत ले रखा था । इसलिये वे ज्येष्ठसामव्रती हरि कहलाते थे ॥ ४६ ॥

ज्येष्ठाच्चाप्यनुसंक्रान्तो राजानमविकम्पनम् ।
अन्तर्दधे ततो राजन्नेष धर्मः प्रभो हरेः ॥ ४७ ॥

राजन् ! ज्येष्ठने राजा अविकम्पनको इस धर्मका उपदेश प्राप्त हुआ । प्रभो ! तदनन्तर यह भागवत-धर्म फिर लुप्त हो गया ॥ ४७ ॥

यदिदं सप्तमं ■■ पद्मजं ब्रह्मणो नृप ।
तत्रैष धर्मः कथितः स्वयं नारायणेन ह ॥ ४८ ॥
पितामहाय शुद्धाय युगादौ लोकधारिणे ।
पितामहश्च दक्षाय धर्ममेतं पुरा ददौ ॥ ४९ ॥

नरेश्वर ! यह जो ब्रह्माजीका भगवान्के नाभिकमलसे सातवाँ जन्म हुआ है, इसमें स्वयं नारायणने ही कल्पके आरम्भमें जगद्धाता शुद्धस्वरूप ब्रह्माको इस धर्मका उपदेश दिया; फिर ब्रह्माजीने सबसे पहले प्रजापति दक्षको इस धर्मकी शिक्षा दी ॥ ४८-४९ ॥

ततो ज्येष्ठे ■ दौहित्रे प्रादाद् दक्षो नृपोत्तम ।
आदित्ये सवितुर्ज्येष्ठे विवस्वाञ्जगृहे ततः ॥ ५० ॥

नृपश्रेष्ठ ! इसके बाद दक्षने अपने ज्येष्ठ दौहित्र—अदितिके सवितासे भी बड़े पुत्रको इस धर्मका उपदेश दिया । उन्हींसे विवस्वान् (सूर्य) ने इस धर्मका उपदेश ग्रहण किया ॥ ५० ॥

त्रेतायुगादौ ■ ततो विवस्वान् मनवे ददौ ।
मनुश्च लोकभूत्यर्थं सुतायेक्ष्वाकवे ददौ ॥ ५१ ॥

फिर त्रेतायुगके आरम्भमें सूर्यने मनुको और मनुने सम्पूर्ण जगत्के कल्याणके लिये अपने पुत्र इक्ष्वाकुको इसका उपदेश दिया ॥ ५१ ॥

इक्ष्वाकुणा ■ कथितो व्याप्य लोकानवस्थितः ।
गमिष्यति क्षयान्ते ■ पुनर्नारायणं नृप ॥ ५२ ॥

इक्ष्वाकुके उपदेशसे इस सात्वत धर्मका सम्पूर्ण जगत्में ■■ और प्रसार हो गया । नरेश्वर ! कल्पान्तमें यह धर्म फिर भगवान् नारायणको ही प्राप्त हो जायगा ॥ ५२ ॥

यतीनां चापि यो धर्मः ■ ते पूर्वं नृपोत्तम ।
कथितो हरिगीतासु समासविधिकल्पितः ॥ ५३ ॥

नृपश्रेष्ठ ! यतियोंका जो धर्म है, वह मैंने पहले ही तुम्हें हरिगीतामें संक्षेप शैलीसे ■■ दिया है ॥ ५३ ॥

नारदेन तु सम्प्राप्तः सरहस्यः ससंग्रहः ।
एष धर्मो जगन्नाथात् साक्षान्नारायणान्नृप ॥ ५४ ॥

महाराज ! नारदजीने रहस्य और संग्रहसहित इस धर्मको साक्षात् जगदीश्वर नारायणसे भलीभाँति प्राप्त किया था ॥५४॥

एवमेष महान् धर्म आद्यो राजन् सनातनः ।
दुर्विज्ञेयो दुष्करश्च सात्वतैर्धार्यते सदा ॥ ५५ ॥

राजन् ! इस प्रकार यह आदि एवं महान् धर्म सनातन-कालसे चला आ रहा है । यह दूसरोंके लिये दुर्जेय और दुष्कर है । भगवान्के भक्त सदा ■ इस धर्मको धारण करते हैं ।५५।

धर्मज्ञानेन चैतेन सुप्रयुक्तेन कर्मणा ।
अहिंसाधर्मयुक्तेन प्रीयते हरिरीश्वरः ॥ ५६ ॥

इस धर्मको जाननेसे और अहिंसाभावसे ■■ ■■

सात्वतधर्मको क्रियारूपसे आचरणमें लानेसे जगदीश्वर श्रीहरि प्रसन्न होते हैं ॥ ५६ ॥

एकव्यूहविभागो वा क्वचिद् द्विव्यूहसंज्ञितः ।
त्रिव्यूहश्चापि संख्यातश्चतुर्व्यूहश्च दृश्यते ॥ ५७ ॥

भगवान्‌के भक्तोंद्वारा कभी केवल एक व्यूह—भगवान् वासुदेवकी; कभी दो व्यूह-वासुदेव और सङ्कर्षणकी, कभी प्रद्युम्नसहित तीन व्यूहोंकी और कभी अनिरुद्धसहित चार व्यूहोंकी उपासना देखी जाती है ॥ ५७ ॥

हरिरेव हि क्षेत्रज्ञो निर्ममो निष्कलस्तथा ।
जीवश्च सर्वभूतेषु पञ्चभूतगुणातिगः ॥ ५८ ॥

भगवान् श्रीहरि ही क्षेत्रज्ञ हैं, ममतारहित और निष्कल हैं । ये ही सम्पूर्ण भूतोंमें पाञ्चभौतिक गुणोंसे अतीत जीवात्मा-रूपमें विराजमान हैं ॥ ५८ ॥

मनश्च प्रथितं राजन् पञ्चेन्द्रियसमीरणम् ।
एष लोकविधिर्धीमानेष लोकविसर्गकृत् ॥ ५९ ॥

राजन् ! पाँचों इन्द्रियोंका प्रेरक जो विख्यात मन है, वह भी श्रीहरि ही हैं । ये बुद्धिमान् श्रीहरि ही सम्पूर्ण जगत्‌के प्रेरक और स्रष्टा हैं ॥ ५९ ॥

अकर्ता चैव कर्ता च कार्यं कारणमेव च ।
यथेच्छति तथा राजन् क्रीडते पुरुषोऽव्ययः ॥ ६० ॥

नरेश्वर ! ये अविनाशी पुरुष नारायण ही अकर्ता, कर्ता, कार्य तथा कारण हैं । ये जैसा चाहते हैं, वैसे ही क्रीडा करते हैं ॥ ६० ॥

[illegible] एकान्तधर्मस्ते कीर्तितो नृपसत्तम ।
[illegible] गुरुप्रसादेन दुर्विज्ञेयोऽकृतात्मभिः ॥ ६१ ॥

नृपश्रेष्ठ ! यह मैंने तुमसे गुरुकृपासे ज्ञात हुए अनन्य भक्तिरूप धर्मका वर्णन किया है । जिनका अन्तःकरण पवित्र नहीं है, ऐसे लोगोंके लिये इस धर्मका ज्ञान होना बहुत ही कठिन है ॥ ६१ ॥

एकान्तिनो हि पुरुषा दुर्लभा बहवो नृप ।
यद्येकान्तिभिराकीर्णं जगत् स्यात् कुरुनन्दन ॥ ६२ ॥
अहिंसकैरात्मविद्भिः सर्वभूतहिते रतैः ।
भवेत् कृतयुगप्राप्तिराशीःकर्मविवर्जिता ॥ ६३ ॥

नरेश्वर ! भगवान्‌के अनन्य भक्त दुर्लभ हैं, क्योंकि ऐसे पुरुष बहुत नहीं हुआ करते । कुरुनन्दन ! यदि सम्पूर्ण भूतोंके हितमें तत्पर रहनेवाले, आत्मज्ञानी, अहिंसक एवं अनन्य भक्तोंसे जगत् भर जाय तो यहाँ सर्वत्र सत्ययुग ही [illegible] जाय और कहीं भी सकाम कर्मोंका अनुष्ठान न हो ॥ ६२-६३ ॥

एवं स भगवान् व्यासो गुरुर्मम विशाम्पते ।
कथयामास धर्मज्ञो धर्मराज्ञे द्विजोत्तमः ॥ ६४ ॥
ऋषीणां संनिधौ राजञ्शृण्वतोः कृष्णभीष्मयोः ।

प्रजानाथ ! इस प्रकार मेरे धर्मज्ञ गुरु द्विजश्रेष्ठ भगवान् व्यासने श्रीकृष्ण और भीष्मके सुनते हुए ऋषि-मुनियोंके समीप धर्मराजको इस धर्मका उपदेश किया था ॥ ६४½ ॥

तस्याप्यकथयत् पूर्वं नारदः सुमहातपाः ॥ ६५ ॥
देवं परमकं ब्रह्म श्वेतं चन्द्राभमच्युतम् ।
यत्र चैकान्तिनो यान्ति नारायणपरायणाः ॥ ६६ ॥

राजन् ! उनसे भी प्राचीनकालमें महातपस्वी नारदजीने इसका प्रतिपादन किया [illegible] । नारायणकी आराधनामें लगे हुए अनन्य भक्त चन्द्रमाके समान गौरवर्णवाले उन्हीं परब्रह्मस्वरूप भगवान् अच्युतको प्राप्त होते हैं ॥६५-६६½॥

जनमेजय उवाच

एवं बहुविधं धर्मं प्रतिबुद्धैर्निषेवितम् ।
[illegible] कुर्वन्ति कथं विप्रा अन्ये नानाव्रते स्थिताः ॥ ६७ ॥

जनमेजयने पूछा—मुने ! इस प्रकार ज्ञानी पुरुषों-द्वारा सेवित जो यह अनेक सद्गुणोंसे सम्पन्न धर्म है, इसे नाना प्रकारके व्रतोंमें लगे हुए दूसरे [illegible] क्यों आचरणमें नहीं लाते हैं ? ॥ ६७ ॥

वैशम्पायन उवाच

तिस्रः प्रकृतयो राजन् देहबन्धेषु निर्मिताः ।
सात्त्विकी राजसी चैव तामसी चैव भारत ॥ ६८ ॥

वैशम्पायनजीने कहा—भरतनन्दन ! शरीरके बन्धनमें बँधे हुए जो जीव हैं, उनके लिये ईश्वरने तीन प्रकारकी प्रकृतियाँ बनायी हैं—सात्त्विकी, राजसी और तामसी ॥ ६८ ॥

देहबन्धेषु पुरुषः श्रेष्ठः कुरुकुलोद्वह ।
सात्त्विकः पुरुषव्याघ्र भवेन्मोक्षाय निश्चितः ॥ ६९ ॥

पुरुषसिंह ! कुरुकुलधुरंधर वीर ! इन तीन प्रकृतियों-वाले जीवोंमें जो सात्त्विकी प्रकृतिसे युक्त सात्त्विक पुरुष है, वही श्रेष्ठ है; क्योंकि वही मोक्षका निश्चित अधिकारी है ॥ ६९ ॥

अत्रापि स विजानाति पुरुषं ब्रह्मवित्तमम् ।
नारायणपरो मोक्षस्ततो वै सात्त्विकः स्मृतः ॥ ७० ॥

यहाँ भी वह इस बातको अच्छी तरह जानता है कि परमपुरुष नारायण सर्वोत्तम वेदवेत्ता हैं और मोक्षके परम आश्रय भगवान् नारायण ही हैं, इसीलिये वह मनुष्य सात्त्विक माना गया है ॥ ७० ॥

मनीषितं च प्राप्नोति चिन्तयन् पुरुषोत्तमम् ।
एकान्तभक्तिः सततं नारायणपरायणः ॥ ७१ ॥

भगवान् नारायणके आश्रित उनका अनन्य भक्त

अपने मनके अभीष्ट भगवान् पुरुषोत्तमका निरन्तर चिन्तन करता हुआ उनको [illegible] कर लेता है ॥ ७१ ॥

मनीषिणो हि ये केचिद् यतयो मोक्षधर्मिणः ।
तेषां विच्छिन्नतृष्णानां योगक्षेमवहो हरिः ॥ ७२ ॥

मोक्षधर्ममें तत्पर रहनेवाले जो कोई भी मनीषी यति हैं तथा जिनकी तृष्णाका सर्वथा नाश हो गया है, उनके योग-क्षेमका भार स्वयं भगवान् नारायण वहन करते हैं ॥ ७२ ॥

जायमानं हि पुरुषं यं पश्येन्मधुसूदनः ।
सात्त्विकस्तु [illegible] विज्ञेयो भवेन्मोक्षे च निश्चितः ॥ ७३ ॥

जन्म-मरणके चक्करमें पड़े हुए जिस पुरुषको भगवान् मधुसूदन अपनी कृपा दृष्टिसे देख लेते हैं, उसे सात्त्विक जानना चाहिये । वह मोक्षका सुनिश्चित अधिकारी हो जाता है ॥ ७३ ॥

सांख्ययोगेन तुल्यो हि धर्म एकान्तसेवितः ।
नारायणात्मके मोक्षे ततो यान्ति परां गतिम् ॥ ७४ ॥

एकान्त भक्तोंद्वारा सेवित धर्म सांख्य और योगके तुल्य है । उसके सेवनसे मनुष्य नारायणस्वरूप मोक्षमें ही [illegible] गतिको प्राप्त होते हैं ॥ ७४ ॥

नारायणेन दृष्टस्तु प्रतिबुद्धो भवेत् पुमान् ।
एवमात्मेच्छया राजन् प्रतिबुद्धो न जायते ॥ ७५ ॥

राजन् ! जिसपर भगवान् नारायणकी कृपादृष्टि हो जाती है, वह पुरुष ही ज्ञानवान् होता है । इस तरह अपनी इच्छा-मात्रसे कोई ज्ञानी नहीं होता ॥ ७५ ॥

राजसी तामसी चैव व्यामिश्रे प्रकृती स्मृते ।
तदात्मकं हि पुरुषं जायमानं विशाम्पते ॥ ७६ ॥
प्रवृत्तिलक्षणैर्युक्तं नावेक्षति हरिः स्वयम् ।

प्रजानाथ ! राजसी और तामसी—ये दो प्रकृतियाँ दोषोंसे मिश्रित होती हैं । जो पुरुष राजस और तामस प्रकृतिसे युक्त होकर जन्म धारण [illegible] है, वह प्रायः सकाम कर्ममें प्रवृत्तिके लक्षणोंसे युक्त होता है । [illegible] भगवान् श्रीहरि उसकी ओर नहीं देखते ॥ ७६½ ॥

पश्यत्येनं जायमानं [illegible] लोकपितामहः ॥ ७७ ॥
रजसा [illegible] [illegible] मानसं समभिप्लुतम् ।

ऐसा पुरुष जब जन्म लेता है, तब उसपर लोकपितामह ब्रह्माकी कृपादृष्टि होती है (और वे उसे प्रवृत्तिमार्गमें नियुक्त कर देते हैं) । उसका मन रजोगुण और तमोगुणके प्रवाहमें डूबा रहता है ॥ ७७½ ॥

कामं देवा ऋषयश्च सत्त्वस्था नृपसत्तम ॥ ७८ ॥
हीनाः सत्त्वेन शुद्धेन ततो वैकारिकाः स्मृताः ।

नृपश्रेष्ठ ! देवता और ऋषि कामनायुक्त सत्त्वगुणमें [illegible] होते हैं । उनमें भी शुद्ध सत्त्वगुणकी कमी होती है, इसलिये वे वैकारिक माने जाते हैं ॥ ७८½ ॥

जनमेजय उवाच

कथं वैकारिको गच्छेत् पुरुषः पुरुषोत्तमम् ॥ ७९ ॥
वद सर्वं यथादृष्टं प्रवृत्तिं च यथाक्रमम् ।

जनमेजयने पूछा—मुने ! वैकारिक पुरुष भगवान् पुरुषोत्तमको कैसे [illegible] कर [illegible] है ? यह [illegible] आप अपने अनुभवके अनुसार बताइये और उसकी प्रवृत्तिका भी क्रमशः वर्णन कीजिये ॥ ७९½ ॥

वैशम्पायन उवाच

सुसूक्ष्मं सत्त्वसंयुक्तं संयुक्तं त्रिभिरक्षरैः ॥ ८० ॥
पुरुषः पुरुषं गच्छेन्निष्क्रियः पञ्चविंशकः ।

वैशम्पायनजीने कहा—जो [illegible] सूक्ष्म, सत्त्व-गुणसे संयुक्त तथा अकार, उकार और मकार—इन तीन अक्षरोंसे युक्त प्रणवस्वरूप है, उस परम पुरुष परमात्माको पचीसवाँ तत्त्वरूप पुरुष (जीवात्मा) कर्तृत्वके अहंकारसे शून्य होनेपर प्राप्त करता है ॥ ८०½ ॥

एवमेकं सांख्ययोगं वेदारण्यकमेव च ॥ ८१ ॥
परस्पराङ्गान्येतानि पाञ्चरात्रं च कथ्यते ।
एष एकान्तिनां धर्मो नारायणपरात्मकः ॥ ८२ ॥

इस प्रकार आत्मा और अनात्माका विवेक करानेवाला सांख्य, चित्तवृत्तियोंके निरोधका उपदेश देनेवाला योग, जीव और ब्रह्मके अभेदका बोध करानेवाला वेदोंका आरण्यक-भाग (उपनिषद्) तथा भक्तिमार्गका प्रतिपादन करनेवाला पाञ्चरात्र आगम—ये [illegible] शास्त्र एक लक्ष्यके साधक होनेके कारण एक बताये जाते हैं । ये सब एक-दूसरेके अङ्ग हैं । सारे कर्मोंको भगवान् नारायणके चरणारविन्दोंमें समर्पित कर देना यह एकान्त भक्तोंका धर्म है ॥ ८१-८२ ॥

यथा समुद्रात् प्रसृता जलौघा-
स्तमेव राजन् पुनराविशन्ति ।
इमे [illegible] ज्ञानमहाजलौघा
नारायणं वै पुनराविशन्ति ॥ ८३ ॥

राजन् ! जैसे सारे जल-प्रवाह समुद्रसे ही प्रसारको [illegible] होते हैं और फिर उस समुद्रमें ही आकर मिल जाते हैं, उसी प्रकार ज्ञानरूपी जलके महान् प्रवाह नारायणसे ही प्रकट होकर फिर उन्हींमें लीन हो जाते हैं ॥ ८३ ॥

एष ते कथितो धर्मः [illegible] कुरुनन्दन ।
कुरुष्वैनं यथान्यायं यदि शक्नोऽसि [illegible] ॥ ८४ ॥

भरतभूषण ! कुरुनन्दन ! यह तुम्हें सात्वत-धर्मका

परिचय दिया गया है। यदि तुमसे हो सके तो यथोचित-रूपसे इस धर्मका पालन करो ॥ ८४ ॥

एवं हि स महाभागो नारदो गुरवे मम।
श्वेतानां यतिनां चाह एकान्तगतिमव्ययाम् ॥ ८५ ॥

इस प्रकार महाभाग नारदजीने मेरे गुरु व्यासजीसे श्वेतवस्त्रधारी गृहस्थों और काषायवस्त्रधारी संन्यासियोंकी अविनश्वर एकान्त गतिका वर्णन किया है ॥ ८५ ॥

व्यासश्चाकथयत् प्रीत्या धर्मपुत्राय धीमते।
स एवायं मया तुभ्यमाख्यातः प्रसृतो गुरोः ॥ ८६ ॥

व्यासजीने भी बुद्धिमान् धर्मपुत्र युधिष्ठिरको प्रेमपूर्वक इस धर्मका उपदेश दिया। गुरुके मुखसे प्रकट हुए उसी धर्मका मैंने यहाँ तुम्हारे लिये वर्णन किया है ॥ ८६ ॥

इत्थं हि दुश्चरो धर्म एष पार्थिवसत्तम।
यथैव त्वं तथैवान्ये भवन्तीह विमोहिताः ॥ ८७ ॥

नृपश्रेष्ठ ! इस तरह यह धर्म दुष्कर है। तुम्हारी तरह दूसरे लोग भी इसके विषयमें मोहित हो जाते हैं ॥ ८७ ॥

कृष्ण एव हि लोकानां भावनो मोहनस्तथा।
संहारकारकश्चैव कारणं च विशांपते ॥ ८८ ॥

प्रजानाथ ! भगवान् श्रीकृष्ण ही सम्पूर्ण लोकोंके पालक, मोहक, संहारक तथा कारण हैं (अतः तुम उन्हींका भक्ति-भावसे भजन करो।) ॥ ८८ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीये ऐकान्तिकभावेऽष्टचत्वारिंशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः॥३४८॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणकी महिमा एवं उनके प्रति ऐकान्तिकभावविषयक तीन सौ अड़तालीसवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३४८ ॥

एकोनपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

व्यासजीका सृष्टिके प्रारम्भमें भगवान् नारायणके अंशसे सरस्वतीपुत्र अपान्तरतमाके रूपमें जन्म होनेकी और उनके प्रभावकी कथा

जनमेजय उवाच

सांख्यं योगः पाञ्चरात्रं वेदारण्यकमेव च।
ज्ञानान्येतानि ब्रह्मर्षे लोकेषु प्रचरन्ति ह ॥ १ ॥

जनमेजयने पूछा—ब्रह्मर्षे ! सांख्य, योग, पाञ्चरात्र और वेदोंके आरण्यकभाग—ये चार प्रकारके ज्ञान सम्पूर्ण लोकोंमें प्रचलित हैं ॥ १ ॥

किमेतान्येकनिष्ठानि पृथङ्निष्ठानि वा मुने।
प्रब्रूहि वै मया पृष्टः प्रवृत्तिं च यथाक्रमम् ॥ २ ॥

मुने ! क्या ये सब एक ही लक्ष्यका बोध करानेवाले हैं अथवा पृथक्-पृथक् लक्ष्यके प्रतिपादक हैं ? मेरे इस प्रश्नका आप यथावत् उत्तर दें और प्रवृत्तिका भी क्रमशः वर्णन करें ॥ २ ॥

वैशम्पायन उवाच

जज्ञे बहुज्ञं परमत्युदारं
यं द्वीपमध्ये सुतमात्मयोगात्।
पराशरात् सत्यवती महर्षिं
तस्मै नमोऽज्ञानतमोनुदाय ॥ ३ ॥

वैशम्पायनजीने कहा—राजन् ! देवी सत्यवतीने यमुनातटवर्ती द्वीपमें पराशर मुनिसे अपने शरीरका संयोग करके जिन बहुज्ञ और अत्यन्त उदार महर्षिको पुत्ररूपसे [illegible] किया था, अज्ञानरूपी अन्धकारको दूर करनेवाले ज्ञानसूर्यस्वरूप उन गुरुदेव व्यासजीको मेरा नमस्कार है ॥ ३ ॥

पितामहाद् यं प्रवदन्ति [illegible]
महर्षिमार्षेयविभूतियुक्तम्।
नारायणस्यांशजमेकपुत्रं
द्वैपायनं वेद महानिधानम् ॥ ४ ॥

ब्रह्माजीके आदिपुरुष जो नारायण हैं, उनके स्वरूपभूत जिन महर्षिको पूर्वपुरुष नारायणसे छठी पीढ़ीमें* उत्पन्न बताते हैं, जो ऋषियोंके सम्पूर्ण ऐश्वर्यसे सम्पन्न हैं, नारायणके अंशसे उत्पन्न हैं, अपने पिताके एक ही पुत्र हैं और द्वीपमें उत्पन्न होनेके कारण द्वैपायन कहलाते हैं, उन वेदके महान् भण्डाररूप व्यासजीको मैं प्रणाम करता हूँ ॥ ४ ॥

तमादिकालेषु महाविभूति-
र्नारायणो ब्रह्ममहानिधानम्।
ससर्ज पुत्रार्थमुदारतेजा
व्यासं महात्मानमजं पुराणम् ॥ ५ ॥

प्राचीनकालमें उदार तेजस्वी, महान् वैभवसम्पन्न भगवान् नारायणने वैदिक ज्ञानकी महानिधिरूप महात्मा अजन्मा और पुराणपुरुष व्यासजीको अपने पुत्ररूपसे उत्पन्न किया था ॥ ५ ॥

---

* १. नारायण, २. ब्रह्मा, ३. वसिष्ठ, ४. शक्ति, ५. पराशर, ६. व्यास—इस प्रकार व्यासजी छठी पीढ़ीमें [illegible] हुए हैं।

जनमेजय उवाच

त्वयैव कथितं पूर्वं सम्भवे द्विजसत्तम।
वसिष्ठस्य सुतः शक्तिः शक्तिपुत्रः पराशरः॥ ६ ॥
पराशरस्य दायादः कृष्णद्वैपायनो मुनिः।
भूयो नारायणसुतं त्वमेवैनं प्रभाषसे ॥ ७ ॥

जनमेजयने कहा—द्विजश्रेष्ठ ! आपहीने पहले आदिपर्वकी कथा सुनाते समय यह कहा [illegible] कि वसिष्ठके पुत्र शक्ति, शक्तिके पुत्र पराशर और पराशरके पुत्र मुनिवर श्रीकृष्णद्वैपायन व्यास हैं और [illegible] पुनः आप इन्हें नारायण-[illegible] पुत्र बतला रहे हैं ॥ ६-७ ॥

किमतः पूर्वजं [illegible] व्यासस्यामिततेजसः।
कथयस्वोत्तममते [illegible] नारायणोद्भवम् ॥ ८ ॥

श्रेष्ठ बुद्धिवाले मुनीश्वर ! [illegible] अमिततेजस्वी व्यासजीका इससे पहले भी कोई जन्म हुआ था ? नारायणसे व्यासजीका जन्म कब और कैसे हुआ ? [illegible] बतानेकी कृपा करें ॥ ८ ॥

वैशम्पायन उवाच

वेदार्थान् वेत्तुकामस्य धर्मिष्ठस्य तपोनिधेः।
गुरोर्मे ज्ञाननिष्ठस्य हिमवत्पाद आसतः॥ ९ ॥
कृत्वा भारतमाख्यानं तपःश्रान्तस्य धीमतः।
शुश्रूषां तत्परा राजन् कृतवन्तो वयं तदा ॥ १० ॥
सुमन्तुर्जैमिनिश्चैव पैलश्च सुदृढव्रतः।
अहं चतुर्थः शिष्यो वै शुको व्यासात्मजस्तथा ॥ ११ ॥

वैशम्पायनजीने कहा—राजन् ! मेरे धर्मिष्ठ गुरु वेदव्यास तपस्याकी निधि और ज्ञाननिष्ठ हैं । पहले वे वेदोंके अर्थका वास्तविक [illegible] [illegible] करनेकी इच्छासे हिमालयके एक शिखरपर रहते थे । वे महाभारत नामक इतिहासकी रचना करके तपस्या करते-करते थक गये थे । [illegible] दिनों इन बुद्धिमान् गुरुकी सेवामें तत्पर हम पाँच शिष्य उनके [illegible] रहते थे । सुमन्तु, जैमिनि, दृढतापूर्वक [illegible] धर्मका पालन करनेवाले पैल, चौथा मैं और पाँचवें व्यासपुत्र शुकदेव थे ॥ ९—११ ॥

एभिः परिवृतो [illegible] शिष्यैः पञ्चभिरुत्तमैः।
शुशुभे हिमवत्पादे भूतैर्भूतपतिर्यथा ॥ १२ ॥

इन पाँच [illegible] शिष्योंसे [illegible] हुए व्यासजी हिमालयके शिखरपर भूतोंसे परिवेष्टित भूतनाथ भगवान् शिवके [illegible] शोभा पाते थे ॥ १२ ॥

वेदानावर्तयन् [illegible] भारतार्थांश्च सर्वशः।
तमेकमनसं दान्तं युक्ता वयमुपास्महे ॥ १३ ॥

वहाँ [illegible]जी अङ्गोंसहित सब वेदों तथा महाभारतके अर्थोंकी आवृत्ति करते और हम [illegible] शिष्योंको पढ़ाते थे एवं हम सब लोग सदा उद्यत रहकर उन एकाग्रचित्त एवं जितेन्द्रिय गुरुकी सेवा करते थे ॥ १३ ॥

कथान्तरेऽथ कस्मिंश्चित् पृष्टोऽस्माभिर्द्विजोत्तमः।
वेदार्थान् भारतार्थां[illegible] जन्म नारायणात् तथा ॥ १४ ॥

एक दिन किसी बातचीतके प्रसङ्गमें हमलोगोंने द्विजश्रेष्ठ व्यासजीसे वेदों और महाभारतका अर्थ तथा भगवान् नारायणसे उनके जन्म होनेका वृत्तान्त पूछा ॥ १४ ॥

स पूर्वमुक्त्वा वेदार्थान् भारतार्थांश्च तत्त्ववित्।
नारायणादिदं जन्म व्याहर्तुमुपचक्रमे [illegible] १५ ॥

तत्त्वज्ञानी व्यासजीने पहले हमें वेदों और महाभारतका अर्थ बताया । उसके बाद भगवान् नारायणसे अपने जन्मका वृत्तान्त इस प्रकार बताना आरम्भ किया—॥ १५ [illegible]

शृणुध्वमाख्यानवरमिदमार्षेयमुत्तमम् [illegible]
आदिकालोद्भवं विप्रास्तपसाधिगतं [illegible] [illegible] १६ ॥

'विप्रगण ! ऋषिसम्बन्धी यह उत्तम आख्यान सुनो । प्राचीन कालका यह वृत्तान्त मैंने तपस्याके द्वारा जाना है ॥ १६ ॥

प्राप्ते प्रजाविसर्गे वै सप्तमे पद्मसम्भवे।
नारायणो महायोगी शुभाशुभविवर्जितः ॥ १७ ॥
ससृजे नाभितः पूर्वं ब्रह्माणममितप्रभः।
[illegible] स प्रादुरभवदथैनं वाक्यमब्रवीत् ॥ १८ ॥

[illegible] सातवें कल्पके आरम्भमें सातवीं बार ब्रह्माजीके कमलसे जन्म-ग्रहण करनेका अवसर आया, तब शुभ और अशुभसे रहित अमिततेजस्वी महायोगी भगवान् नारायणने सबसे पहले अपने नाभिकमलसे ब्रह्माजीको [illegible] किया । जब ब्रह्माजी प्रकट हो गये, तब उनसे भगवान्ने यह बात कही—॥ १७-१८ ॥

मम त्वं नाभितो [illegible] प्रजासर्गकरः प्रभुः।
सृज प्रजास्त्वं विविधा [illegible] सजडपण्डिताः ॥ १९ [illegible]

'ब्रह्मन् ! तुम मेरी नाभिसे प्रजावर्गकी सृष्टि करनेके लिये [illegible] हुए हो और इस कार्यमें समर्थ हो; अतः जड-चेतनसहित नाना प्रकारकी प्रजाओंकी सृष्टि करो' ॥ १९ ॥

[illegible] एवमुक्तो विमुखश्चिन्ताव्याकुलमानसः।
[illegible] वरदं देवमुवाच हरिमीश्वरम् ॥ २० ॥

'भगवान्के इस प्रकार आदेश देनेपर ब्रह्माजीका [illegible] चिन्तासे व्याकुल हो [illegible] । वे सृष्टिकार्यसे विमुख हो वरदायक देवता सर्वेश्वर श्रीहरिको [illegible] करके इस प्रकार बोले—॥ २० ॥

का शक्तिर्मम देवेश प्रजाः स्रष्टुं नमोऽस्तु ते।
अप्रज्ञावानहं देव विधत्स्व यदनन्तरम् ॥ २१ ॥

''देवेश्वर ! मुझमें प्रजाकी [illegible] करनेकी [illegible] शक्ति है ! आपको नमस्कार है । देव ! [illegible] सृष्टिविषयक बुद्धिसे सर्वथा

रहित हूँ—यह जानकर अब आपको जो उचित जान पड़े, वह कीजिये' ॥ २१ ॥

स एवमुक्तो भगवान् भूत्वाथान्तर्हितस्ततः।
चिन्तयामास देवेशो बुद्धिं बुद्धिमतां वरः ॥ २२ ॥

'ब्रह्माजीके ऐसा कहनेपर बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ देवेश्वर भगवान् विष्णुने अदृश्य होकर बुद्धिका चिन्तन किया ॥ २२ ॥

स्वरूपिणी ततो बुद्धिरुपतस्थे हरिं प्रभुम्।
योगेन चैनां निर्योगः स्वयं नियुयुजे तदा ॥ २३ ॥

'उनके चिन्तन करते ही मूर्तिमती बुद्धि उन सामर्थ्यशाली श्रीहरिकी सेवामें उपस्थित हो गयी। तदनन्तर जिनपर दूसरोंका वश नहीं चलता, उन भगवान् नारायणने स्वयं ही [illegible] बुद्धिको उस समय योगशक्तिसे सम्पन्न [illegible] दिया। २३।

स तामैश्वर्ययोगस्थां बुद्धिं गतिमतीं सतीम्।
उवाच वचनं देवो बुद्धिं वै प्रभुरव्ययः ॥ २४ ॥

'अविनाशी प्रभु नारायणदेवने ऐश्वर्ययोगमें स्थित हुई [illegible] सती-साध्वी प्रगतिशील बुद्धिसे कहा—॥ २४ ॥

ब्रह्माणं प्रविशस्वेति लोकसृष्ट्यर्थसिद्धये।
ततस्तमीश्वरादिष्टा बुद्धिः क्षिप्रं विवेश सा ॥ २५ ॥

''तुम संसारकी सृष्टिरूप अभीष्ट कार्यकी सिद्धिके लिये ब्रह्माजीके भीतर प्रवेश करो।' ईश्वरका यह आदेश पाकर बुद्धि शीघ्र ही ब्रह्माजीमें प्रवेश कर गयी ॥ २५ ॥

अथैनं बुद्धिसंयुक्तं पुनः स ददृशे हरिः।
भूयश्चैव वचः प्राह सृजेमा विविधाः प्रजाः ॥ २६ ॥

'जब ब्रह्माजी सृष्टिविषयक बुद्धिसे संयुक्त हो गये, [illegible] श्रीहरिने पुनः उनकी ओर स्नेहपूर्ण दृष्टिसे देखा और फिर इस प्रकार कहा—'अब तुम इन नाना प्रकारकी प्रजाओंकी सृष्टि करो' ॥ २६ ॥

बाढमित्येव कृत्वासौ यथाऽऽज्ञां शिरसा हरेः।
एवमुक्त्वा स भगवांस्तत्रैवान्तरधीयत ॥ २७ ॥

'तब 'बहुत अच्छा' कहकर उन्होंने श्रीहरिकी [illegible] शिरोधार्य की। इस प्रकार उन्हें सृष्टिका आदेश देकर भगवान् वहीं अन्तर्धान हो गये ॥ २७ ॥

प्राप चैनं मुहूर्तेन संस्थानं देवसंज्ञितम्।
तां चैव प्रकृतिं प्राप्य एकीभावगतोऽभवत् ॥ २८ ॥

'वे एक ही मुहूर्तमें अपने देवधाममें [illegible] पहुँचे और अपनी प्रकृतिको प्राप्त हो उसके साथ एकीभूत हो गये ॥ २८ ॥

[illegible] बुद्धिरभवत् पुनरन्या तदा किल।
सृष्टाः प्रजा इमाः सर्वा ब्रह्मणा परमेष्ठिना ॥ २९ ॥

'तदनन्तर कुछ कालके बाद भगवान्‌के मनमें फिर दूसरा विचार उठा। वे सोचने लगे, परमेष्ठी ब्रह्माने इन समस्त प्रजाओंकी सृष्टि तो कर दी ॥ २९ ॥

दैत्यदानवगन्धर्वरक्षोगणसमाकुला।
जाता हीयं वसुमती भाराक्रान्ता तपस्विनी ॥ ३० ॥

'किंतु दैत्य, दानव, गन्धर्व और राक्षसोंसे व्याप्त हुई यह तपस्विनी पृथ्वी भारसे पीड़ित हो गयी है ॥ ३० ॥

बहवो बलिनः पृथ्व्यां दैत्यदानवराक्षसाः।
भविष्यन्ति तपोयुक्ता वरान् प्राप्स्यन्ति चोत्तमान् ॥ ३१ ॥

'इस पृथ्वीपर बहुत-से ऐसे बलवान् दैत्य, दानव और राक्षस होंगे, जो तपस्यामें प्रवृत्त हो उत्तमोत्तम वर प्राप्त करेंगे ॥

अवश्यमेव तैः सर्वैर्वरदानेन दर्पितैः।
बाधितव्याः सुरगणा ऋषयश्च तपोधनाः ॥ ३२ ॥

'वरदानसे घमंडमें आकर वे [illegible] दानव निश्चय ही देवसमूहों तथा तपोधन ऋषियोंको बाधा पहुँचायेंगे ॥ ३२ ॥

तत्र न्याय्यमिदं कर्तुं भारावतरणं मया।
[illegible] नानासमुद्भूतैर्वसुधायां यथाक्रमम् ॥ ३३ ॥

'अतः अब मुझे पृथ्वीपर क्रमशः नाना अवतार धारण करके इसके भारको उतारना उचित होगा ॥ ३३ ॥

निग्रहेण च पापानां साधूनां प्रग्रहेण च।
इयं तपस्विनी सत्या धारयिष्यति मेदिनी ॥ ३४ ॥

'पापियोंको दण्ड देने और साधु पुरुषोंपर अनुग्रह करनेसे यह तपस्विनी सत्यस्वरूपा पृथ्वी बलसे टिकी रह सकेगी ॥ ३४ ॥

[illegible] शेषा हि ध्रियते पातालस्थेन भोगिना।
मया धृता धारयति जगद् विश्वं चराचरम् ॥ ३५ ॥

'मैं पातालमें शेषनागके रूपसे रहकर इस पृथ्वीको धारण करता हूँ और मेरेद्वारा धारित होकर यह सम्पूर्ण चराचर जगत्‌को धारण करती है ॥ ३५ ॥

तस्मात् पृथ्व्याः परित्राणं करिष्ये सम्भवं गतः।
एवं स चिन्तयित्वा तु भगवान् मधुसूदनः ॥ ३६ ॥
रूपाण्यनेकान्यसृजत् प्रादुर्भावे भवाय सः।
वाराहं नारसिंहं च वामनं मानुषं तथा ॥ ३७ ॥
एभिर्मया निहन्तव्या दुर्विनीताः सुरारयः।

'इसलिये मैं अवतार लेकर इस पृथ्वीकी रक्षा अवश्य करूँगा। ऐसा सोच-विचारकर भगवान् मधुसूदनने जगत्‌के लिये अवतार ग्रहण करनेके निमित्त अपने अनेक रूपोंकी सृष्टि की अर्थात् वाराह, नरसिंह, वामन एवं मनुष्यरूपोंका स्मरण किया। उन्होंने यह निश्चय किया था कि मुझे इन अवतारोंद्वारा उद्दण्ड दैत्योंका वध करना है ॥ ३६-३७½ ॥

[illegible] भूयो जगत्स्रष्टा भोःशब्देनानुनादयन् ॥ ३८ ॥

सरस्वतीमुच्चचार तत्र सारस्वतोऽभवत्।
अपान्तरतमा नाम सुतो वाक्सम्भवः प्रभुः ॥ ३९ ॥

'तदनन्तर सत्यस्रष्टा श्रीहरिने "भोः" शब्दसे सम्पूर्ण दिशाओंको प्रतिध्वनित करते हुए सरस्वती (वाणी) का उच्चारण किया। इससे वहाँ सारस्वतका आविर्भाव हुआ। सरस्वती या वाणीसे उत्पन्न हुए उस शक्तिशाली पुत्रका नाम 'अपान्तरतमा' हुआ ॥ ३८-३९ ॥

भूतभव्यभविष्यज्ञः सत्यवादी [illegible]।
तमुवाच नतं मूर्ध्ना देवानामादिरव्ययः ॥ ४० ॥

'वे अपान्तरतमा भूत, वर्तमान और भविष्यके ज्ञाता, सत्यवादी तथा दृढतापूर्वक व्रतका पालन करनेवाले थे। मस्तक झुकाकर खड़े हुए उस पुत्रसे देवताओंके आदिकारण अविनाशी श्रीहरिने कहा—॥ ४० ॥

वेदाख्याने श्रुतिः कार्या [illegible] मतिमतां वर।
तस्मात् कुरु यथाऽऽज्ञप्तं ममैतद् वचनं मुने ॥ ४१ ॥

"बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ मुने! तुम्हें वेदोंकी व्याख्याके लिये ऋक्, साम, यजुष् आदि श्रुतियोंका पृथक्-पृथक् समूह [illegible] चाहिये। अतः तुम मेरी आज्ञाके अनुसार कार्य करो। मुझे तुमसे इतना ही कहना है' ॥ ४१ ॥

तेन भिन्नास्तदा वेदा मनोः स्वायम्भुवेऽन्तरे।
ततस्तुतोष भगवान् हरिस्तेनास्य कर्मणा ॥ ४२ ॥
तपसा च सुतप्तेन यमेन नियमेन च।
मन्वन्तरेषु पुत्रत्वमेवमेव प्रवर्तकः ॥ ४३ ॥

'अपान्तरतमाने स्वायम्भुव मन्वन्तरमें भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार वेदोंका विभाग किया। उनके इस कर्मसे तथा उनके द्वारा की हुई उत्तम तपस्या, यम और नियमसे भी भगवान् श्रीहरि बहुत संतुष्ट हुए और बोले—"बेटा! तुम सभी मन्वन्तरोंमें इसी प्रकार धर्मके प्रवर्तक होओगे ॥ ४२-४३ ॥

भविष्यस्यचलो ब्रह्मन्नप्रधृष्यश्च नित्यशः।
पुनस्तिष्ये [illegible] सम्प्राप्ते कुरवो [illegible] भारताः ॥ ४४ ॥
भविष्यन्ति महात्मानो राजानः प्रथिता भुवि।

"ब्रह्मन्! [illegible] [illegible] ही अविचल एवं अजेय बने रहोगे। फिर द्वापर और कलियुगकी संधिका समय आनेपर भरतवंशमें कुरुवंशी क्षत्रिय होंगे। वे महामनस्वी राजा समस्त भूमण्डलमें विख्यात होंगे ॥ ४४½ ॥

तेषां त्वत्तः प्रसूतानां कुलभेदो भविष्यति ॥ ४५ ॥
परस्परविनाशार्थं त्वामृते द्विजसत्तम।

"द्विजश्रेष्ठ! उनमेंसे जो लोग तुम्हारी संतानोंके वंशज होंगे, उनमें परस्पर विनाशके लिये फूट हो जायगी। तुम्हारे सहयोगके बिना उनमें विग्रह होगा ॥ ४५½ ॥

तत्राप्यनेकधा वेदान् भेत्स्यसे तपसान्वितः ॥ ४६ ॥
कृष्णे युगे च सम्प्राप्ते कृष्णवर्णो भविष्यसि।

"उस समय भी तुम तपोबलसे सम्पन्न हो वेदोंके अनेक विभाग करोगे। उस समय कलियुग [illegible] आनेपर तुम्हारे शरीरका वर्ण काला होगा ॥ ४६½ ॥

धर्माणां विविधानां च कर्ता ज्ञानकरस्तथा।
भविष्यसि तपोयुक्तो न च रागाद् विमोक्ष्यसे॥ ४७ ॥

"तुम नाना प्रकारके धर्मोंके प्रवर्तक, ज्ञानदाता और तपस्वी होओगे, परंतु रागसे सर्वथा मुक्त नहीं रहोगे ॥ ४७ ॥

वीतरागश्च पुत्रस्ते परमात्मा भविष्यति।
महेश्वरप्रसादेन नैतद् वचनमन्यथा ॥ ४८ ॥

"तुम्हारा पुत्र भगवान् महेश्वरकी कृपासे वीतराग होकर परमात्मस्वरूप हो जायगा। मेरी यह बात [illegible] नहीं सकती ॥

यं मानसं वै प्रवदन्ति विप्राः
पितामहस्योत्तमबुद्धियुक्तम्।
वसिष्ठमग्र्यं [illegible] तपोनिधानं
यस्यातिसूर्यं व्यतिरिच्यते भाः ॥ ४९ ॥
तस्यान्वये चापि ततो महर्षिः
पराशरो नाम महाप्रभावः।
पिता स ते वेदनिधिर्वरिष्ठो
महातपा वै तपसो निवासः ॥ ५० ॥

"जिन्हें ब्राह्मणलोग ब्रह्माजीका मानसपुत्र कहते हैं, जो उत्तम बुद्धिसे युक्त, तपस्याकी निधि एवं सर्वश्रेष्ठ वसिष्ठमुनिके नामसे प्रसिद्ध हैं और जिनका तेज भगवान् सूर्यसे भी बढ़कर प्रकाशित होता है, उन्हीं ब्रह्मर्षि वसिष्ठके वंशमें पराशर नामवाले महान् प्रभावशाली महर्षि होंगे। वे वैदिक ज्ञानके भण्डार, मुनियोंमें श्रेष्ठ, महान् तपस्वी एवं तपस्याके आवासस्थान होंगे। वे ही पराशर मुनि [illegible] समय तुम्हारे पिता होंगे ॥ ४९-५० ॥

कानीनगर्भः पितृकन्यकायां
तस्मादृषेस्त्वं भविता [illegible] पुत्रः ॥ ५१ ॥

"उन्हीं ऋषिसे तुम पिताके घरमें रहनेवाली एक कुमारी कन्याके पुत्ररूपसे जन्म लोगे और कानीनगर्भ (कन्याकी संतान) कहलाओगे ॥ ५१ ॥

भूतभव्यभविष्याणां छिन्नसर्वार्थसंशयः।
ये ह्यतिक्रान्तकाः पूर्वं सहस्रयुगपर्ययाः ॥ ५२ ॥
तांश्च सर्वान् मयोद्दिष्टान् द्रक्ष्यसे तपसान्वितः।
पुनर्द्रक्ष्यसि चानेकसहस्रयुगपर्ययान् ॥ ५३ ॥

"भूत, वर्तमान और भविष्यके सभी विषयोंमें तुम्हारा संशय नष्ट हो जायगा। पहले जो सहस्र युगोंके कल्प व्यतीत हो चुके हैं, उन सबको मेरी आज्ञासे तुम देख सकोगे और तपो-

बलसे सम्पन्न बने रहोगे। भविष्यमें होनेवाले अनेक कल्प भी तुम्हें दृष्टिगोचर होंगे ॥ ५२-५३ ॥

अनादिनिधनं लोके चक्रहस्तं च मां मुने।
अनुध्यानान्मम मुने नैतद् वचनमन्यथा ॥ ५४ ॥

''मुने! तुम निरन्तर मेरा चिन्तन करनेसे जगत्में मुझ अनादि और अनन्त परमेश्वरको चक्र हाथमें लिये देखोगे। मेरी यह बात कभी मिथ्या नहीं होगी ॥ ५४ ॥

भविष्यति महासत्त्व ख्यातिश्चाप्यतुला तव।
शनैश्चरः सूर्यपुत्रो भविष्यति मनुर्महान् ॥ ५५ ॥
तस्मिन्मन्वन्तरे चैव मन्वादिगणपूर्वकः।
त्वमेव भविता वत्स मत्प्रसादान्न संशयः ॥ ५६ ॥

''महान् शक्तिशाली मुनीश्वर! जगत्में तुम्हारी अनुपम ख्याति होगी। [illegible]। जब सूर्यपुत्र शनैश्चर मन्वन्तरके प्रवर्तक हो महामनुके पदपर प्रतिष्ठित होंगे, उस मन्वन्तरमें तुम्हीं मेरे कृपा-प्रसादसे मन्वादि गणोंमें प्रधान होओगे। इसमें संशय नहीं है ॥

यत्किंचिद् विद्यते लोके सर्वं तन्मद्विचेष्टितम्।
अन्यो ह्यन्यं चिन्तयति स्वच्छन्दं विदधाम्यहम्॥ ५७ ॥

''संसारमें जो कुछ हो रहा है, वह सब मेरी ही चेष्टाका फल है। दूसरे लोग दूसरी-दूसरी बातें सोचते रहते हैं, परंतु मैं स्वतन्त्रतापूर्वक अपनी इच्छाके अनुसार कार्य करता हूँ' ॥

एवं सारस्वतमृषिमपान्तरतमं तथा।
उक्त्वा वचनमीशानः साधयस्वेत्यथाब्रवीत् ॥ ५८ ॥

'सरस्वती-पुत्र अपान्तरतम मुनिसे ऐसा कहकर भगवान् उन्हें विदा करते हुए बोले—'जाओ, अपना काम करो' ॥५८॥

सोऽहं [illegible] प्रसादेन देवस्य हरिमेधसः।
अपान्तरतमा नाम ततो जातोऽऽज्ञया हरेः।
पुनश्च जातो विख्यातो वसिष्ठकुलनन्दनः ॥ ५९ ॥

'इस प्रकार मैं भगवान् विष्णुके कृपा-प्रसादसे पहले अपान्तरतमा नामसे उत्पन्न हुआ था और अब उन्हीं श्रीहरिकी आज्ञासे पुनः वसिष्ठकुलनन्दन व्यासके नामसे उत्पन्न होकर प्रसिद्धिको प्राप्त हुआ हूँ ॥ ५९ ॥

तदेतत् कथितं जन्म मया पूर्वकमात्मनः।
नारायणप्रसादेन तथा नारायणांशजम् ॥ ६० ॥

'नारायणकी कृपासे और उन्हींके अंशसे जो पहले मेरा जन्म हुआ था, उसका यह वृत्तान्त मैंने तुम सब लोगोंसे कहा है ॥

मया हि सुमहत् तप्तं तपः परमदारुणम्।
पुरा मतिमतां श्रेष्ठाः परमेण समाधिना ॥ ६१ ॥

'बुद्धिमानोंमें श्रेष्ठ शिष्यगण! पूर्वकालमें मैंने उत्तम समाधिके द्वारा अत्यन्त कठोर एवं बड़ी भारी तपस्या की थी ॥

एतद् वः कथितं सर्वं यन्मां पृच्छत पुत्रकाः।
पूर्वजन्म भविष्यं च भक्तानां स्नेहतो मया ॥ ६२ ॥

'पुत्रो! तुमलोग मुझसे जो कुछ पूछते थे, वह सब मैंने तुम्हें कह सुनाया। तुम गुरुभक्त शिष्योंके स्नेहवश ही मैंने यह अपने पूर्वजन्म और भविष्यका वृत्तान्त तुम्हें बताया है' ।६२।

वैशम्पायन उवाच

एष ते कथितः पूर्वं सम्भवोऽस्मद्गुरोर्नृप।
व्यासस्याक्लिष्टमनसो यथा पृष्टः पुनः शृणु ॥ ६३ ॥

वैशम्पायनजी कहते हैं—नरेश्वर! तुमने जैसा मुझसे प्रश्न किया था, उसके अनुसार मैंने पहले क्लेशरहित चित्तवाले अपने गुरु व्यासजीके जन्मका वृत्तान्त कहा है। अब दूसरी बातें सुनो ॥ ६३ ॥

सांख्यं योगः पाञ्चरात्रं वेदाः पाशुपतं तथा।
ज्ञानान्येतानि राजर्षे विद्धि नानामतानि वै ॥ ६४ ॥

राजर्षे! सांख्य, योग, पाञ्चरात्र, वेद और पाशुपत-शास्त्र—इन ज्ञानोंको तुम नाना प्रकारके मत समझो ॥ ६४ ॥

सांख्यस्य वक्ता कपिलः परमर्षिः स उच्यते।
हिरण्यगर्भो योगस्य वेत्ता नान्यः पुरातनः ॥ ६५ ॥

सांख्यशास्त्रके वक्ता कपिल हैं। वे परमर्षि कहलाते हैं। योगशास्त्रके पुरातन ज्ञाता हिरण्यगर्भ ब्रह्माजी ही हैं, दूसरा नहीं ॥ ६५ ॥

अपान्तरतमाश्चैव वेदाचार्यः स उच्यते।
प्राचीनगर्भं तमृषिं प्रवदन्तीह केचन ॥ ६६ ॥

मुनिवर अपान्तरतमा वेदोंके आचार्य बताये जाते हैं। यहाँ कुछ लोग उन महर्षिको प्राचीनगर्भ कहते हैं ॥ ६६ ॥

उमापतिर्भूतपतिः श्रीकण्ठो ब्रह्मणः सुतः।
उक्तवानिदमव्यग्रो ज्ञानं पाशुपतं शिवः ॥ ६७ ॥

ब्रह्माजीके पुत्र भूतनाथ श्रीकण्ठ उमापति भगवान् शिवने शान्तचित्त होकर पाशुपतज्ञानका उपदेश किया है ।६७।

पाञ्चरात्रस्य कृत्स्नस्य वेत्ता तु भगवान् स्वयम्।
सर्वेषु च नृपश्रेष्ठ ज्ञानेष्वेतेषु दृश्यते ॥ ६८ ॥
यथागमं यथाज्ञानं निष्ठा नारायणः प्रभुः।
न चैनमेवं जानन्ति तमोभूता विशाम्पते ॥ ६९ ॥

नृपश्रेष्ठ! सम्पूर्ण पाञ्चरात्रके ज्ञाता तो साक्षात् भगवान् नारायण ही हैं। यदि वेदशास्त्र और अनुभवके अनुसार विचार किया जाय तो इन सभी ज्ञानोंमें इनके परम तात्पर्यरूपसे भगवान् नारायण ही स्थित दिखायी देते हैं। प्रजानाथ! जो अज्ञानमें डूबे हुए हैं, वे लोग भगवान् श्रीहरिको इस रूपमें नहीं जानते हैं ॥ ६८-६९ ॥

तमेव शास्त्रकर्तारः प्रवदन्ति मनीषिणः।
निष्ठां नारायणमृषिं नान्योऽस्तीति वचो [illegible] ॥७०॥

शास्त्रके रचयिता ज्ञानीजन उन नारायण ऋषिको ही समस्त शास्त्रोंका परम लक्ष्य बताते हैं; दूसरा कोई उनके समान नहीं है—यह मेरा कथन है ॥ ७० ॥

निःसंशयेषु सर्वेषु नित्यं वसति वै हरिः।
ससंशयान् हेतुबलान्नाध्यावसति माधवः ॥ ७१ ॥

ज्ञानके बलसे जिनके संशयका निवारण हो [illegible] है, उन सबके भीतर सदा श्रीहरि निवास करते हैं; परंतु कुतर्कके बलसे जो संशयमें पड़े हुए हैं, उनके भीतर भगवान् माधव- [illegible] निवास नहीं है ॥ ७१ ॥

पाञ्चरात्रविदो ये तु यथाक्रमपरा नृप।
एकान्तभावोपगतास्ते हरिं प्रविशन्ति वै ॥ ७२ ॥

नरेश्वर ! जो पाञ्चरात्रके [illegible] हैं और उसमें बताये हुए क्रमके अनुसार सेवापरायण हो अनन्यभावसे भगवान्की शरणमें प्राप्त हैं, वे उन भगवान् श्रीहरिमें ही प्रवेश करते हैं ॥ ७२ ॥

सांख्यं च योगं [illegible] सनातने द्वे
वेदाश्च सर्वे निखिलेन राजन्।
सर्वैः समस्तैर्ऋषिभिर्निरुक्तो
नारायणो विश्वमिदं पुराणम् [illegible] ७२ ॥

राजन् ! सांख्य और योग—ये दो सनातन [illegible] [illegible] सम्पूर्ण वेद सर्वथा यही कहते हैं और [illegible] ऋषियोंने भी यही बताया है कि यह पुरातन विश्व भगवान् नारायण [illegible] हैं ॥ ७२ ॥

शुभाशुभं कर्म समीरितं यत्
प्रवर्तते सर्वलोकेषु किञ्चित्।
तस्मादृषेस्तद्भवतीति विद्याद्
दिव्यन्तरिक्षे भुवि चाप्सु चेति ॥ [illegible] ॥

स्वर्ग, अन्तरिक्ष, भूतल और जल—इन सभी स्थानोंमें और सम्पूर्ण लोकोंमें जो कुछ भी शुभाशुभ कर्म होता [illegible] गया है, वह सब नारायणकी सत्तासे ही हो [illegible] है—ऐसा [illegible] चाहिये ॥ ७४ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि द्वैपायनोत्पत्तौ एकोनपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३४९ ॥

इस [illegible] श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें द्वैपायनकी उत्पत्तिविषयक तीन सौ उनचासवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३४९ ॥

पञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

वैजयन्त पर्वतपर [illegible] और रुद्रका मिलन एवं ब्रह्माजीद्वारा परम पुरुष नारायणकी महिमाका वर्णन

जनमेजय उवाच

[illegible] पुरुषा ब्रह्मन्नुताहो [illegible] [illegible] तु।
को [illegible] पुरुषः श्रेष्ठः को [illegible] योनिरिहोच्यते ॥ १ ॥

जनमेजयने पूछा—ब्रह्मन् ! पुरुष अनेक हैं या एक ? इस जगत्में कौन पुरुष सबसे श्रेष्ठ है ? अथवा किसे यहाँ सबकी उत्पत्तिका [illegible] [illegible] जाता है ? ॥ १ ॥

वैशम्पायन उवाच

[illegible] पुरुषा लोके सांख्ययोगविचारणे।
नैनदिच्छन्ति पुरुषमेकं कुरुकुलोद्वह ॥ २ ॥

वैशम्पायनजीने कहा—कुरुकुलका भार वहन करनेवाले नरेश ! सांख्य और योगकी विचारधाराके अनुसार इस जगत्में पुरुष अनेक हैं। वे 'एकपुरुषवाद' नहीं स्वीकार करते हैं ॥ २ ॥

बहूनां पुरुषाणां च यथैका योनिरुच्यते।
[illegible] तं पुरुषं विश्वं व्याख्यास्यामि गुणाधिकम् ॥ ३ ॥

नमस्कृत्वा च गुरवे व्यासाय विदितात्मने।
तपोयुक्ताय दान्ताय [illegible] परमर्षये [illegible] ॥

बहुत-से पुरुषोंकी उत्पत्तिका स्थान एक ही पुरुष कैसे [illegible] जाता है ? यह समझानेके लिये आत्मज्ञानी, तपस्वी, जितेन्द्रिय एवं वन्दनीय परमर्षि गुरु व्यासजीको नमस्कार करके मैं तुम्हारे सामने अधिक गुणशाली विश्वात्मा पुरुषकी [illegible] करूँगा ॥ ३-४ ॥

इदं पुरुषसूक्तं हि सर्ववेदेषु पार्थिव।
ऋतं सत्यं च विख्यातमृषिसिंहेन चिन्तितम् ॥ ५ ॥

राजन् ! यह पुरुषसम्बन्धी सूक्त तथा ऋत और [illegible] सम्पूर्ण वेदोंमें विख्यात है। ऋषिसिंह व्यासने इसका भली-भाँति चिन्तन किया है ॥ ५ ॥

उत्सर्गेणापवादेन ऋषिभिः कपिलादिभिः।
अध्यात्मचिन्तामाश्रित्य शास्त्राण्युक्तानि भारत ॥ ६ ॥

[illegible] ! कपिल आदि ऋषियोंने सामान्य और विशेष-

रूपमें अध्यात्मतत्त्वका चिन्तन करके विभिन्न शास्त्रोंका प्रतिपादन किया है ॥ ६ ॥

समासतस्तु यद् [illegible] पुरुषैकत्वमुक्तवान् ।
तत् तेऽहं सम्प्रवक्ष्यामि प्रसादादमितौजसः ॥ ७ ॥

परंतु व्यासजीने संक्षेपसे पुरुषकी एकताका जिस तरह प्रतिपादन किया है, उसीको मैं भी उन अमिततेजस्वी गुरुके कृपा-प्रसादसे तुम्हें बताऊँगा ॥ ७ ॥

अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम् ।
ब्रह्मणा सह संवादं [illegible] विशाम्पते ॥ ८ ॥

प्रजानाथ ! इस विषयमें जानकार मनुष्य ब्रह्माजीके साथ रुद्रके संवादरूप इस प्राचीन इतिहासका उदाहरण दिया करते हैं ॥ ८ ॥

क्षीरोदस्य समुद्रस्य मध्ये हाटकसप्रभः ।
वैजयन्त इति ख्यातः पर्वतप्रवरो नृप ॥ ९ ॥

नरेश्वर ! क्षीरसागरके मध्यभागमें वैजयन्त नामसे विख्यात एक श्रेष्ठ पर्वत है, जो सुवर्णकी सी कान्तिसे प्रकाशित होता है ॥ ९ ॥

तत्राध्यात्मगतिं देव एकाकी प्रविचिन्तयन् ।
वैराजसदनान्नित्यं वैजयन्तं निषेवते ॥ १० ॥

वहाँ एकाकी ब्रह्मा अध्यात्मगतिका चिन्तन करनेके लिये ब्रह्मलोकसे प्रतिदिन आते और उस वैजयन्त पर्वतका सेवन करते थे ॥ १० ॥

अथ तत्रासतस्तस्य चतुर्वक्त्रस्य धीमतः ।
ललाटप्रभवः पुत्रः शिव आगाद् यदृच्छया ॥ ११ ॥
आकाशेन महायोगी पुरा त्रिनयनः प्रभुः ।
ततः खान्निपपाताशु धरणीधरमूर्धनि ॥ १२ ॥

पहले एक दिन बुद्धिमान् चतुर्मुख ब्रह्माजी जब वहाँ बैठे हुए थे, उसी समय उनके ललाटसे उत्पन्न हुए पुत्र महायोगी त्रिनेत्रधारी भगवान् शिव अनायास ही आकाशमार्गसे घूमते हुए वैजयन्तपर्वतके सामने आये और शीघ्र ही आकाशसे उस पर्वतशिखरपर उतर पड़े ॥ ११-१२ ॥

अग्रतश्चाभवत् प्रीतो ववन्दे चापि पादयोः ।
तं पादयोर्निपतितं दृष्ट्वा सव्येन पाणिना ॥ १३ ॥
उत्थापयामास तदा प्रभुरेकः प्रजापतिः ।
उवाच चैनं भगवांश्चिरस्यागतमात्मजम् ॥ १४ ॥

सामने ब्रह्माजीको देखकर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई और उन्होंने उनके दोनों चरणोंमें सिर झुकाकर [illegible] किया । भगवान् शिवको अपने चरणोंमें पड़ा देख उस [illegible] एकमात्र सर्वसमर्थ भगवान् प्रजापतिने दाहिने हाथसे उन्हें उठाया और दीर्घकालके पश्चात् अपने निकट आये हुए पुत्रसे इस प्रकार कहा ॥ १३-१४ ॥

पितामह उवाच

स्वागतं ते महाबाहो दिष्ट्या प्राप्तोऽसि मेऽन्तिकम् ।
कच्चित् ते कुशलं पुत्र स्वाध्यायतपसोः सदा ॥ १५ ॥
नित्यमुग्रतपास्त्वं हि ततः पृच्छामि ते पुनः ॥ १६ ॥

ब्रह्माजी बोले—महाबाहो ! तुम्हारा स्वागत है । सौभाग्यसे मेरे निकट आये हो । बेटा ! तुम्हारा स्वाध्याय और तप [illegible] सकुशल चल रहा है न ? तुम सर्वदा कठोर तपस्यामें ही लगे रहते हो; इसलिये मैं तुमसे बारंबार तपके विषयमें पूछता हूँ ॥ १५-१६ ॥

रुद्र उवाच

त्वत्प्रसादेन भगवन् स्वाध्यायतपसोर्मम ।
कुशलं चाव्ययं चैव सर्वस्य जगतस्तथा ॥ १७ ॥

रुद्रने कहा—भगवन् ! आपकी कृपासे मेरे स्वाध्याय और तप सकुशल चल रहे हैं; कभी भङ्ग नहीं हुए हैं । सम्पूर्ण जगत् भी कुशल-क्षेमसे है ॥ १७ ॥

चिरदृष्टो हि भगवान् वैराजसदने मया ।
ततोऽहं पर्वतं प्राप्तस्त्विमं त्वत्पादसेवितम् ॥ १८ ॥

प्रभो ! बहुत दिन हुए, मैंने ब्रह्मलोकमें आपका दर्शन किया था । इसीलिये आज आपके चरणोंद्वारा सेवित इस पर्वतपर पुनः दर्शनके लिये आया हूँ ॥ १८ ॥

कौतूहलं चापि हि मे एकान्तगमनेन ते ।
नैतत् कारणमल्पं हि भविष्यति पितामह ॥ १९ ॥

पितामह ! आपके एकान्तमें जानेसे मेरे मनमें बड़ा कौतूहल पैदा हुआ । मैंने सोचा, इसका कोई छोटा-मोटा कारण नहीं होगा ॥ १९ ॥

किं नु तत्सदनं श्रेष्ठं क्षुत्पिपासाविवर्जितम् ।
सुरासुरैरध्युषितं ऋषिभिश्चामितप्रभैः ॥ २० ॥
गन्धर्वैरप्सरोभिश्च सततं संनिषेवितम् ।
उत्सृज्येमं गिरिवरमेकाकी प्राप्तवानसि ॥ २१ ॥

क्या कारण है कि क्षुधा-पिपासासे रहित उस श्रेष्ठ धामको, जहाँ निरन्तर देवता, असुर, अमिततेजस्वी ऋषि, गन्धर्व और अप्सराओंके [illegible]ह आपकी सेवामें उपस्थित रहते हैं, छोड़कर आप अकेले इस श्रेष्ठ पर्वतपर चले आये हैं ? ॥ २०-२१ ॥

ब्रह्मोवाच

वैजयन्तो गिरिवरः सततं सेव्यते मया ।
अत्रैकाग्रेण मनसा पुरुषश्चिन्त्यते विराट् ॥ २२ ॥

ब्रह्माजीने कहा—वत्स ! मैं इन दिनों गिरिवर वैजयन्तका जो निरन्तर सेवन कर रहा हूँ, इसका कारण यह है कि यहाँ एकाग्रचित्तसे विराट् पुरुषका चिन्तन किया करता हूँ ॥ २२ ॥

रुद्र उवाच

बहवः पुरुषा ब्रह्मंस्त्वया सृष्टाः स्वयम्भुवा ।
सृज्यन्ते चापरे ब्रह्मन् स चैकः पुरुषो विराट् ॥ २३ ॥

रुद्र बोले—ब्रह्मन् ! आप स्वयम्भू हैं । आपने बहुत-से पुरुषोंकी सृष्टि की है और अभी दूसरे-दूसरे पुरुषोंकी सृष्टि करते जा रहे हैं । वह विराट् भी तो एक पुरुष ही है, फिर उसमें क्या विशेषता है ? ॥ २३ ॥

को ह्यसौ चिन्त्यते ब्रह्मंस्त्वयैकः पुरुषोत्तमः ।
एतन्मे संशयं ब्रूहि महत् कौतूहलं हि मे ॥ २४ ॥

प्रभो ! आप जिन एक पुरुषोत्तमका चिन्तन करते हैं, वे कौन हैं ? मेरे इस संशयका समाधान कीजिये । इस विषयको सुननेके लिये मेरे मनमें बड़ी उत्कण्ठा हो रही है ॥ २४ ॥

ब्रह्मोवाच

बहवः पुरुषाः पुत्र त्वया ये समुदाहृताः ।
एवमेतदतिक्रान्तं द्रष्टव्यं नैवमित्यपि ॥ २५ ॥

ब्रह्माजीने कहा—बेटा ! तुमने जिन बहुत-से पुरुषोंका उल्लेख किया है, उनके विषयमें तुम्हारा यह कथन ठीक ही है । जिनकी सृष्टि मैं करता हूँ, उनका चिन्तन मैं क्यों करूँगा ? ॥ २५ ॥

आधारं तु प्रवक्ष्यामि एकस्य पुरुषस्य ते ।
बहूनां पुरुषाणां स यथैका योनिरुच्यते ॥ २६ ॥

मैं तुम्हें उस एक पुरुषके सम्बन्धमें बताऊँगा, जो सबका आधार है और जिस प्रकार वह बहुत-से पुरुषोंका एकमात्र कारण बताया जाता है ॥ २६ ॥

तथा तं पुरुषं विश्वं परमं सुमहत्तमम् ।
निर्गुणं निर्गुणा भूत्वा प्रविशन्ति सनातनम् ॥ २७ ॥

जो लोग साधन करते-करते गुणातीत हो जाते हैं, वे ही उस विश्वरूप, अत्यन्त महान्, सनातन एवं निर्गुण परम पुरुषमें प्रवेश करते हैं ॥ २७ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीये ब्रह्मरुद्रसंवादे पञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५० ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणकी महिमाके प्रसङ्गमें ब्रह्मा तथा रुद्रका संवादविषयक तीन सौ पचासवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३५० ॥

एकपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

ब्रह्मा और रुद्रके संवादमें नारायणकी महिमाका विशेषरूपसे वर्णन

ब्रह्मोवाच

शृणु पुत्र यथा ह्येष पुरुषः शाश्वतोऽव्ययः ।
अक्षयश्चाप्रमेयश्च सर्वगश्च निरुच्यते ॥ १ ॥

ब्रह्माजीने कहा—बेटा ! वह विराट् पुरुष जिस प्रकार सनातन, अविकारी, अविनाशी, अप्रमेय और सर्वव्यापी बताया जाता है, वह सुनो ॥ १ ॥

न स शक्यस्त्वया द्रष्टुं मयान्यैर्वापि सत्तम ।
सगुणो निर्गुणो विश्वो ज्ञानदृश्यो ह्यसौ स्मृतः ॥ २ ॥

साधुशिरोमणे ! तुम, मैं अथवा दूसरे लोग भी उस सगुण-निर्गुण विश्वात्मा पुरुषको इन चर्म-चक्षुओंसे नहीं देख सकते । वे ज्ञानसे ही देखने योग्य माने गये हैं ॥ २ ॥

अशरीरः शरीरेषु सर्वेषु निवसत्यसौ ।
वसन्नपि शरीरेषु न स लिप्यति कर्मभिः ॥ ३ ॥

वे स्थूल, सूक्ष्म और कारण तीनों शरीरोंसे रहित होकर भी सम्पूर्ण शरीरोंमें निवास करते हैं और उन शरीरोंमें रहते हुए भी कभी उनके कर्मोंसे लिप्त नहीं होते हैं ॥ ३ ॥

ममान्तरात्मा तव च ये चान्ये देहिसंज्ञिताः ।
सर्वेषां साक्षिभूतोऽसौ न ग्राह्यः केनचित् क्वचित् ॥ ४ ॥

वे मेरे, तुम्हारे तथा दूसरे जो देहधारी संज्ञावाले जीव हैं, उनके भी अन्तरात्मा हैं । सबके साक्षी वे पुरुषोत्तम श्रीहरि कहीं किसीके द्वारा भी पकड़में नहीं आते ॥ ४ ॥

विश्वमूर्धा विश्वभुजो विश्वपादाक्षिनासिकः ।
एकश्चरति क्षेत्रेषु स्वैरचारी यथासुखम् ॥ ५ ॥

सम्पूर्ण विश्व ही उनका मस्तक, भुजा, पैर, नेत्र और नासिका है । वे स्वच्छन्द विचरनेवाले एकमात्र पुरुषोत्तम सम्पूर्ण क्षेत्रोंमें सुखपूर्वक विचरण करते हैं ॥ ५ ॥

क्षेत्राणि हि शरीराणि बीजं चापि शुभाशुभम् ।
तानि वेत्ति स योगात्मा ततः क्षेत्रज्ञ उच्यते ॥ ६ ॥

वे योगात्मा श्रीहरि क्षेत्रसंज्ञक शरीरोंको और शुभाशुभ कर्मरूप उनके कारणको भी जानते हैं, इसलिये क्षेत्रज्ञ कहलाते हैं ॥ ६ ॥

नागतिर्न गतिस्तस्य ज्ञेया भूतेषु केनचित् ।
सांख्येन विधिना चैव योगेन [illegible] यथाक्रमम् ॥ [illegible] ॥
चिन्तयामि गतिं चास्य न गतिं वेद्मि चोत्तराम्।
यथाज्ञानं [illegible] वक्ष्यामि पुरुषं तु सनातनम् ॥ ८ ॥

समस्त प्राणियोंमेंसे कोई भी यह नहीं जान पाता कि वे किस तरह शरीरोंमें आते और जाते हैं ? मैं क्रमशः सांख्य और योगकी विधिसे उनकी गतिका चिन्तन करता हूँ; परंतु [illegible] उत्कृष्ट गतिको [illegible] नहीं पाता । तथापि मुझे जैसा अनुभव है, उसके अनुसार [illegible] सनातन पुरुषका वर्णन [illegible] हूँ ॥ ७-८ ॥

तस्यैकत्वं महत्त्वं च स चैकः पुरुषः स्मृतः।
महापुरुषशब्दं स बिभर्त्येकः सनातनः ॥ ९ ॥

उनमें एकत्व भी है और महत्त्व भी; अतः एकमात्र वे ही पुरुष माने गये हैं । एक सनातन श्रीहरि ही महापुरुष नाम धारण करते हैं ॥ ९ ॥

एको हुताशो बहुधा समिध्यते
एकः सूर्यस्तपसो योनिरेका ।
एको वायुर्बहुधा वाति लोके
महोदधिश्चाम्भसां योनिरेकः ।
पुरुषश्चैको निर्गुणो विश्वरूप-
स्तं निर्गुणं पुरुषं चाविशन्ति ॥ १० ॥

अग्नि एक ही है; परन्तु वह अनेक रूपोंमें प्रज्वलित एवं प्रकाशित होती है । एक ही सूर्य सारे जगत्को ताप एवं [illegible] देते हैं । [illegible] अनेक प्रकारका है; परंतु [illegible] मूल एक ही है । एक ही वायु इस जगत्में विविध रूपसे प्रवाहित होती है [illegible] जलोंकी उत्पत्ति और लयका स्थान समुद्र भी एक [illegible] है । उसी प्रकार वह निर्गुण विश्वरूप पुरुष भी एक ही है । उसी निर्गुण पुरुषमें [illegible] होता है ॥ १० ॥

हित्वा गुणमयं सर्वं कर्म हित्वा शुभाशुभम् ।
उभे सत्यानृते त्यक्त्वा एवं भवति निर्गुणः ॥ ११ ॥

देह, इन्द्रिय आदि समस्त गुणमय पदार्थोंकी ममता छोड़कर शुभाशुभ कर्मको त्यागकर तथा सत्य और मिथ्या दोनोंका परित्याग करके ही कोई साधक निर्गुण हो सकता है ॥

अचिन्त्यं चापि तं [illegible] भावसूक्ष्मं चतुष्टयम् ।
विचरेद् योऽसमुन्नद्धः स गच्छेत् पुरुषं शुभम् ॥ १२ ॥

जो चारों सूक्ष्म भावोंसे युक्त [illegible] निर्गुण पुरुषको अचिन्त्य जानकर अहङ्कारशून्य होकर विचरण करता है, वही कल्याणमय परम पुरुषको प्राप्त होता है ॥ १२ ॥

एवं हि परमात्मानं केचिदिच्छन्ति पण्डिताः ।
एकात्मानं तथाऽऽत्मानमपरे ज्ञानचिन्तकाः ॥ १३ ॥

इस प्रकार कुछ विद्वान् (अपनेसे भिन्न) परमात्माको [illegible] चाहते हैं । कुछ अपनेसे अभिन्न परमात्मा—एकात्माको पानेकी इच्छा रखते हैं तथा दूसरे विचारक केवल आत्माको ही जानना या [illegible] चाहते हैं ॥ १३ ॥

तत्र यः परमात्मा हि स नित्यं निर्गुणः स्मृतः ।
[illegible] हि नारायणो ज्ञेयः सर्वात्मा पुरुषो हि सः ॥ १४ ॥

इनमें जो परमात्मा है, वह नित्य निर्गुण माना गया है । उसीको नारायण नामसे जानना चाहिये । वही सर्वात्मा पुरुष है ॥ १४ ॥

न लिप्यते फलैश्चापि पद्मपत्रमिवाम्भसा ।
कर्मात्मा त्वपरो योऽसौ मोक्षबन्धैः स युज्यते ॥ १५ ॥

जैसे कमलका पत्ता पानीमें रहकर भी उससे लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार परमात्मा कर्मफलोंसे निर्लिप्त रहता है । परंतु जो कर्मोंका कर्ता है एवं बन्धन और मोक्षसे सम्बन्ध जोड़ता है, वह जीवात्मा उससे भिन्न है ॥ १५ ॥

स सप्तदशकेनापि राशिना युज्यते च सः ।
एवं बहुविधः प्रोक्तः पुरुषस्ते यथाक्रमम् ॥ १६ ॥

उसीका पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच भूत, मन और बुद्धि—इन सत्रह तत्त्वोंके राशिभूत सूक्ष्म शरीरसे संयोग होता है । वही कर्मभेदसे देव-तिर्यक् आदि भावोंको [illegible] होनेके कारण बहुविध बताया गया है । इस प्रकार तुम्हें क्रमशः पुरुषकी एकता और अनेकताकी [illegible] बतायी गयी ॥

यत् तत्कृत्स्नं लोकतन्त्रस्य धाम
वेद्यं परं बोधनीयं [illegible] बोद्धा ।
मन्ता मन्तव्यं प्राशिता प्राशनीयं
घ्राता घ्रेयं स्पर्शिता स्पर्शनीयम् ॥ १७ ॥

जो लोकतन्त्रका सम्पूर्ण [illegible] प्रकाशक है, वह परम पुरुष ही वेदनीय (जाननेयोग्य) परम तत्त्व है । वही ज्ञाता और वही ज्ञातव्य है । वही मनन करनेवाला और वही मननीय वस्तु है । वही भोक्ता और वही भोज्य पदार्थ है । वही सूँघनेवाला और वही सूँघनेयोग्य वस्तु है । वही स्पर्श करनेवाला तथा वही स्पर्शके योग्य वस्तु है ॥ १७ ॥

द्रष्टा द्रष्टव्यं श्राविता श्रावणीयं
[illegible] ज्ञेयं सगुणं निर्गुणं च ।
यद् वै प्रोक्तं तात सम्यक् प्रधानं
नित्यं चैतच्छाश्वतं चाव्ययं च ॥ १८ ॥

वही [illegible] और द्रष्टव्य है। वही सुनानेवाला और सुनाने-योग्य वस्तु है। वही [illegible] और ज्ञेय है [illegible] वही सगुण और निर्गुण है। [illegible]! जिसे सम्यक् प्रधान तत्त्व कहा गया है, वह भी यह पुरुष ही है। [illegible] नित्य [illegible] और अविनाशी तत्त्व है ॥ १८ ॥

यद् वै सूते धातुराद्यं विधानं
तद् वै विप्राः प्रवदन्तेऽनिरुद्धम्।
यद् [illegible] लोके वैदिकं कर्म साधु
आशीर्युक्तं तद्धि तस्यैव भाव्यम्॥ १९ ॥

वही [illegible] विधाताके आदि विधानको उत्पन्न करता है। विद्वान् ब्राह्मण उसीको अनिरुद्ध कहते हैं। लोकमें [illegible] भावसे जो वैदिक सत्कर्म किये जाते हैं, वे उस अनिरुद्धात्मा पुरुषकी प्रसन्नताके लिये [illegible] होते हैं—ऐसा चिन्तन करना चाहिये [illegible] १९ ॥

देवाः सर्वे मुनयः साधु [illegible]
स्तं प्राग्वंशे यज्ञभागैर्यजन्ते।
अहं ब्रह्मा [illegible] ईशः प्रजानां
तस्माज्जातस्त्वं च मत्तः प्रसूतः ॥ २० ॥

सम्पूर्ण देवता और शान्त स्वभाववाले मुनि यज्ञशालामें यज्ञभागोंद्वारा उसीका यजन करते [illegible]। मै प्रजाओंका आदि ईश्वर [illegible] उसी [illegible] पुरुषसे [illegible] हुआ हूँ और मुझसे तुम्हारी उत्पत्ति हुई है ॥ २० ॥

मत्तो जगज्जङ्गमं स्थावरं च
सर्वे वेदाः सरहस्या हि पुत्र ॥ २१ ॥

पुत्र ! मुझसे [illegible] चराचर जगत् तथा रहस्यसहित सम्पूर्ण वेद [illegible] हुए [illegible] ॥ २१ ॥

चतुर्विभक्तः पुरुषः [illegible] क्रीडति यथेच्छति।
एवं स भगवान् स्वेन ज्ञानेन प्रतिबोधितः ॥ २२ ॥

वासुदेव आदि चार व्यूहोंमें विभक्त [illegible] वे परम पुरुष ही जैसी इच्छा होती है, वैसी क्रीड़ा करते हैं। इसी तरह वे भगवान् अपने ही ज्ञानसे जाननेमें आते हैं ॥ २२ ॥

एतत् ते कथितं पुत्र यथावदनुपृच्छतः।
सांख्यज्ञाने तथा योगे यथावदनुवर्णितम् ॥ २३ ॥

पुत्र ! तुम्हारे प्रश्नके अनुसार मैंने यथावत्‌रूपसे ये [illegible] बातें बतायी हैं। सांख्य और योगमें इस विषयका यथार्थरूपसे वर्णन किया गया है ॥ २३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि नारायणीयसमाप्तौ एकपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५१ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें नारायणकी महिमाका उपसंहारविषयक तीन [illegible] इक्यावनवाँ अध्याय पूरा [illegible] ॥ ३५१ ॥

द्विपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

नारदके द्वारा इन्द्रको उञ्छवृत्तिवाले ब्राह्मणकी कथा सुनानेका उपक्रम

युधिष्ठिर उवाच

धर्माः पितामहेनोक्ता मोक्षधर्माश्रिताः शुभाः।
धर्ममाश्रमिणां श्रेष्ठं वक्तुमर्हति [illegible] भवान् ॥ १ ॥

युधिष्ठिरने कहा—पितामह ! आपके बतलाये हुए कल्याणमय मोक्षसम्बन्धी धर्मोंका मैंने श्रवण किया। अब [illegible] आश्रमधर्मोंका पालन करनेवाले मनुष्योंके लिये जो सबसे [illegible] धर्म हो, उसका उपदेश करें ॥ १ ॥

भीष्म उवाच

सर्वत्र विहितो धर्मः स्वर्ग्यः सत्यफलं महत्।
बहुद्वारस्य धर्मस्य नेहास्ति विफला क्रिया ॥ २ ॥

भीष्मजीने कहा—राजन् ! सभी आश्रमोंमें स्वधर्म-पालनका विधान है, सबमें स्वर्गका तथा महान् सत्यफल—मोक्षका भी साधन है। धर्मके यज्ञ, दान, तप आदि [illegible] द्वार हैं; अ[illegible] इस जगत्‌में धर्मकी कोई भी क्रिया निष्फल नहीं होती ॥ २ ॥

यस्मिन् यस्मिंश्च विषये यो यो याति विनिश्चयम्।
स तमेवाभिजानाति नान्यं भरतसत्तम ॥ ३ ॥

भरतश्रेष्ठ ! जो-जो मनुष्य जिस-जिस विषय—स्वर्ग या मोक्षके लिये साधन करके उसमें सुनिश्चित सफलताको प्राप्त [illegible] लेता है, उसी साधन या धर्मको वह श्रेष्ठ समझता है, दूसरेको नहीं ॥ ३ ॥

इमां च त्वं नरव्याघ्र श्रोतुमर्हसि मे कथाम्।
पुरा शक्रस्य कथितां नारदेन महर्षिणा ॥ ४ ॥

पुरुषसिंह ! इस विषयमें मैं तुम्हें एक कथा सुना रहा हूँ, उसे सुनो। पूर्वकालमें महर्षि नारदने इन्द्रको यह कथा सुनायी थी ॥ ४ ॥

महर्षिर्नारदो राजन् सिद्धस्त्रैलोक्यसम्मतः ।
पर्येति क्रमशो लोकान् वायुरव्याहतो यथा ॥ ५ ॥

राजन् ! महर्षि नारद तीनों लोकोंद्वारा सम्मानित सिद्ध पुरुष हैं । वायुके समान उनकी सर्वत्र अबाधित गति है । वे क्रमशः सभी लोकोंमें घूमते रहते हैं ॥ ५ ॥

स कदाचिन्महेष्वास देवराजालयं गतः ।
सत्कृतश्च महेन्द्रेण प्रत्यासन्नगतोऽभवत् ॥ ६ ॥

महाधनुर्धर नरेश ! एक समय वे नारदजी देवराज इन्द्रके यहाँ पधारे । इन्द्रने उन्हें अपने समीप ही बिठाकर उनका बड़ा आदर-सत्कार किया ॥ ६ ॥

तं कृतक्षणमासीनं पर्यपृच्छच्छचीपतिः ।
महर्षे किंचिदाश्चर्यमस्ति दृष्टं त्वयानघ ॥ ७ ॥

जब नारदजी थोड़ी देर बैठकर विश्राम ले चुके, तब शचीपति इन्द्रने पूछा—'निष्पाप महर्षे ! इधर आपने कोई आश्चर्यजनक घटना देखी है क्या ?' ॥ ७ ॥

यदा त्वमपि विप्रर्षे त्रैलोक्यं सचराचरम् ।
जातकौतूहलो नित्यं सिद्धश्चरसि साक्षिवत् ॥ ८ ॥

'ब्रह्मर्षे ! आप सिद्ध पुरुष हैं और कौतूहलवश चराचर प्राणियोंसे युक्त तीनों लोकोंमें सदा साक्षीकी भाँति विचरते रहते हैं ॥ ८ ॥

न ह्यस्त्यविदितं लोके देवर्षे तव किंचन ।
श्रुतं वाप्यनुभूतं वा दृष्टं वा कथयस्व मे ॥ ९ ॥

'देवर्षे ! जगत्में कोई भी ऐसी बात नहीं है, जो आपको ज्ञात न हो । यदि आपने कोई अद्भुत बात देखी हो, सुनी हो अथवा अनुभव की हो तो वह मुझे बताइये' ॥ ९ ॥

तस्मै राजन् सुरेन्द्राय नारदो वदतां वरः ।
आसीनायोपपन्नाय प्रोक्तवान् विपुलां कथाम् ॥ १० ॥

राजन् ! उनके इस प्रकार पूछनेपर वक्ताओंमें श्रेष्ठ नारदजीने अपने पास ही बैठे हुए सुरेन्द्रको एक विस्तृत कथा सुनायी ॥ १० ॥

यथा येन च कल्पेन स तस्मै द्विजसत्तमः ।
कथां कथितवान् पृष्टस्तथा त्वमपि मे शृणु ॥ ११ ॥

इन्द्रके पूछनेपर द्विजश्रेष्ठ नारदने उन्हें जैसे और जिस ढंगसे वह कथा कही थी, वैसे ही मैं भी कहूँगा । तुम भी मेरी कही हुई उस कथाको ध्यान देकर सुनो ॥ ११ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने द्विपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५२ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक तीन सौ बावनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३५२ ॥

त्रिपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

महापद्मपुरमें एक श्रेष्ठ ब्राह्मणके सदाचारका वर्णन और उसके घरपर अतिथिका आगमन

भीष्म उवाच

आसीत् किल नरश्रेष्ठ महापद्मे पुरोत्तमे ।
गङ्गाया दक्षिणे तीरे कश्चिद् विप्रः समाहितः ॥ १ ॥
सौम्यः सोमान्वये वेदे गताध्वा छिन्नसंशयः ।
धर्मनित्यो जितक्रोधो नित्यतृप्तो जितेन्द्रियः ॥ २ ॥
तपःस्वाध्यायनिरतः सत्यः सज्जनसम्मतः ।
न्यायप्राप्तेन वित्तेन स्वेन शीलेन चान्वितः ॥ ३ ॥

भीष्मजी कहते हैं—नरश्रेष्ठ युधिष्ठिर ! (नारदजीने जो कथा सुनायी, वह इस प्रकार है—) गङ्गाके दक्षिणतटपर महापद्म नामक कोई श्रेष्ठ नगर है । वहाँ एक ब्राह्मण रहता था । वह एकाग्रचित्त और सौम्य स्वभावका मनुष्य था । उसका जन्म चन्द्रमाके कुलमें—अत्रिगोत्रमें हुआ था । वेदमें उसकी अच्छी गति थी और उसके मनमें किसी प्रकारका संदेह नहीं था । वह सदा धर्मपरायण, क्रोधरहित, नित्य संतुष्ट, जितेन्द्रिय, तप और स्वाध्यायमें संलग्न, सत्यवादी और सत्पुरुषोंके सम्मानका पात्र था । न्यायोपार्जित धन और अपने ब्राह्मणोचित शीलसे सम्पन्न था ॥ १—३ ॥

ज्ञातिसम्बन्धिविपुले सत्त्वाद्याश्रयसम्मिते ।
कुले महति विख्याते विशिष्टां वृत्तिमास्थितः ॥ ४ ॥

उसके कुलमें सगे-सम्बन्धियोंकी संख्या अधिक थी । सभी लोग सत्त्वप्रधान सद्गुणोंका सहारा लेकर श्रेष्ठ जीवन व्यतीत करते थे । उस महान् एवं विख्यात कुलमें रहकर वह उत्तम आजीविकाके सहारे जीवन-निर्वाह करता था ॥ ४ ॥

स पुत्रान् सुबहुलान् दृष्ट्वा विपुले कर्मणि स्थितः ।
कुलधर्माश्रितो राजन् धर्मचर्यास्थितोऽभवत् ॥ ५ ॥

राजन् ! उसने देखा कि मेरे बहुत-से पुत्र हो गये, तब वह लौकिक कार्यसे विरक्त हो महान् कर्ममें संलग्न हो गया

और अपने कुलधर्मका आश्रय ले धर्माचरणमें ही [illegible] रहने लगा ॥ ५ ॥

ततः [illegible] धर्मं वेदोक्तं [illegible] शास्त्रोक्तमेव च ।
शिष्टाचीर्णं [illegible] धर्मं च त्रिविधं चिन्त्य चेतसा ॥ ६ ॥

तदनन्तर उसने वेदोक्त धर्म, शास्त्रोक्त धर्म तथा शिष्ट पुरुषोंद्वारा आचरित धर्म—इन तीन प्रकारके धर्मोंपर मन-ही-मन विचार करना आरम्भ किया—॥ [illegible] ॥

किन्नु मे स्याच्छुभं [illegible] किं कृतं किं परायणम् ।
इत्येवं खिद्यते नित्यं न च याति विनिश्चयम् ॥ [illegible] ॥

'क्या करनेसे मेरा [illegible] होगा ? मेरा क्या कर्तव्य है तथा कौन मेरे लिये परम आश्रय है ?' [illegible] प्रकार वह सदा सोचते-सोचते खिन्न हो जाता था; परंतु किसी निर्णयपर नहीं पहुँच [illegible] ॥ [illegible] ॥

तस्यैवं खिद्यमानस्य धर्मं परममास्थितः ।
कदाचिदतिथिः प्राप्तो [illegible] सुसमाहितः ॥ ८ ॥

एक दिन [illegible] वह इसी तरह सोच-विचारमें पड़ा हुआ [illegible] रहा था, उसके यहाँ एक परम धर्मात्मा तथा एकाग्र-चित्त ब्राह्मण अतिथिके रूपमें आ पहुँचा ॥ ८ ॥

[illegible] तस्मै सत्क्रियां चक्रे क्रियायुक्तेन हेतुना ।
विश्रान्तं सुखमासीनमिदं वचनमब्रवीत् ॥ ९ ॥

ब्राह्मणने उस अतिथिका क्रियायुक्त हेतु (शास्त्रोक्त विधि) से आदर-सत्कार किया और जब वह सुखपूर्वक बैठकर विश्राम करने लगा, तब उससे इस प्रकार [illegible] ॥ ९ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने
त्रिपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५३ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक तीन सौ तिरपनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३५३ ॥

चतुःपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

अतिथिद्वारा स्वर्गके विभिन्न मार्गोंका कथन

ब्राह्मण उवाच

समुत्पन्नाभिधानोऽस्मि वाङ्माधुर्येण तेऽनघ ।
मित्रत्वमभिपन्नस्त्वं किंचिद् वक्ष्यामि तच्छृणु ॥ १ ॥

ब्राह्मण बोला—निष्पाप ! आपकी मीठी बातें सुनकर ही मैं आपके प्रति स्नेह-बन्धनसे बँध गया हूँ। आपके ऊपर मेरा मित्रभाव हो गया है; अतः आपसे कुछ कह रहा हूँ, मेरी बात सुनिये ॥ [illegible] ॥

गृहस्थधर्मं विप्रेन्द्र कृत्वा पुत्रगतं त्वहम् ।
धर्मं परमकं कुर्यां को हि मार्गो भवेद् द्विज ॥ २ ॥

विप्रवर ! [illegible] गृहस्थधर्मको अपने पुत्रोंके अधीन करके सर्वश्रेष्ठ धर्मका पालन करना चाहता हूँ। ब्रह्मन् ! बताइये, मेरे लिये कौन [illegible] मार्ग श्रेयस्कर होगा ? ॥ २ ॥

अहमात्मानमास्थाय [illegible] एवात्मनि स्थितिम् ।
[illegible] काङ्क्षामि नेच्छामि बद्धः साधारणैर्गुणैः ॥ ३ ॥

कभी मेरी इच्छा होती है कि अकेला ही रहूँ और आत्माका आश्रय लेकर उसीमें स्थित हो जाऊँ ? परंतु इन तुच्छ विषयोंसे बँधा होनेके कारण वह इच्छा नष्ट हो जाती है ॥ ३ ॥

यावदेतदतीतं मे वयः पुत्रफलाश्रितम् ।
तावदिच्छामि पाथेयमादातुं पारलौकिकम् ॥ ४ ॥

अबतककी सारी आयु पुत्रसे फल पानेकी कामनामें ही बीत गयी । अब ऐसे धर्ममय धनका संग्रह करना चाहता हूँ, जो परलोकके मार्गमें पाथेय (राहखर्च) का काम दे सके ॥ ४ ॥

अस्मिन् हि लोकसम्भारे परं पारमभीप्सतः ।
उत्पन्ना मे मतिरियं कुतो धर्ममयः प्लवः ॥ ५ ॥

मुझे इस संसारसागरसे पार जानेकी इच्छा हुई है, अतः मेरे [illegible]में यह जिज्ञासा हो रही है कि मुझे धर्ममयी नौका कहाँसे प्राप्त होगी ? ॥ ५ ॥

संयुज्यमानानि निशम्य लोके
निर्यात्यमानानि च सात्त्विकानि ।
दृष्ट्वा तु धर्मध्वजकेतुमालां
प्रकीर्यमाणामुपरि प्रजानाम् ॥ ६ ॥
[illegible] मे मनो रज्यति भोगकाले
दृष्ट्वा यतीन् प्रार्थयतः परत्र ।
तेनातिथे बुद्धिबलाश्रयेण
धर्मेण धर्मे विनियुङ्क्ष्व मां त्वम् ॥ ७ ॥

जब मैं सुनता हूँ कि संसारमें विषयोंके सम्पर्कमें आये हुए सात्त्विक पुरुष भी तरह तरहकी यातनाएँ भोगते हैं तथा जब देखता हूँ कि समस्त प्रजाके ऊपर यमराजकी

ध्वजाएँ फहरा रही हैं, तब भोगकालमें भोगोंके प्राप्त होनेपर भी उन्हें भोगनेकी रुचि मेरे मनमें नहीं होती है । संन्यासियोंको भी दूसरोंके दरवाजोंपर अन्न-वस्त्रकी भीख माँगते देखता हूँ, तब संन्यासधर्ममें भी मेरा मन नहीं है; अतिथिदेव ! आप अपनी ही बुद्धिके बलसे अब मुझे धर्मद्वारा धर्ममें लगाइये ॥ ६-७ ॥

सोऽतिथिर्वचनं तस्य श्रुत्वा धर्माभिभाषिणः ।
प्रोवाच वचनं श्लक्ष्णं प्राज्ञो मधुरया गिरा ॥ ८ ॥

धर्मयुक्त वचन बोलनेवाले ब्राह्मणकी बात सुनकर उस विद्वान् अतिथिने मधुर वाणीमें यह उत्तम वचन कहा ॥ ८ ॥

अतिथिरुवाच

अहमप्यत्र मुह्यामि ममाप्येष मनोरथः ।
न च संनिश्चयं यामि बहुद्वारे त्रिविष्टपे ॥ ९ ॥

अतिथिने कहा—विप्रवर ! मेरा भी ऐसा ही मनोरथ है । मैं भी आपकी ही भाँति श्रेष्ठ धर्मका आश्रय लेना चाहता हूँ, परंतु मुझे भी इस विषयमें मोह ही हुआ है । स्वर्गके अनेक द्वार (साधन) हैं, अतः किसका लिया । इसका निश्चय भी नहीं कर पाता हूँ ॥ ९ ॥

केचिन्मोक्षं प्रशंसन्ति केचिद् यज्ञफलं द्विजाः ।
वानप्रस्थाश्रयाः केचिद् गार्हस्थ्यं केचिदास्थिताः ॥ १० ॥

कोई द्विज मोक्षकी प्रशंसा करते हैं तो कोई यज्ञफलकी । कोई वानप्रस्थधर्मका आश्रय लेते हैं तो कोई गार्हस्थ्यधर्मका ॥ १० ॥

राजधर्माश्रयं केचित् केचिदात्मफलाश्रयम् ।
गुरुधर्माश्रयं केचित्केचिद् वाक्संयमाश्रयम् ॥ ११ ॥

कोई राजधर्म, कोई आत्मज्ञान, कोई गुरुशुश्रूषा और कोई मौनव्रतका ही आश्रय लिये बैठे हैं ॥ ११ ॥

मातरं पितरं केचिच्छुश्रूषन्तो दिवं गताः ।
अहिंसया परे स्वर्गं सत्येन च परे ॥ १२ ॥

कुछ लोग माता-पिताकी सेवा करके स्वर्गमें चले गये । कोई अहिंसासे और कोई सत्यसे ही स्वर्गलोकके भागी हुए हैं ॥ १२ ॥

आहवेऽभिमुखाः केचिन्निहतास्त्रिदिवं गताः ।
केचिदुञ्छव्रतैः सिद्धाः स्वर्गमार्गं समाश्रिताः ॥ १३ ॥

कुछ वीर पुरुष युद्धमें शत्रुओंका सामना करते हुए मारे जाकर स्वर्गलोकमें पहुँचे हैं । कितने ही मनुष्य उञ्छवृत्तिके द्वारा सिद्धि करके स्वर्गगामी हुए हैं ॥ १३ ॥

केचिदध्ययने युक्ता वेदव्रतपराः शुभाः ।
बुद्धिमन्तो गताः स्वर्गं तुष्टात्मानो जितेन्द्रियाः ॥ १४ ॥

कुछ बुद्धिमान् पुरुष संतुष्टचित्त और जितेन्द्रिय हो वेदोक्त पालन तथा स्वाध्याय करते हुए शुभसम्पन्न हो स्वर्गलोकमें स्थान प्राप्त कर चुके हैं ॥ १४ ॥

आर्जवेनापरे युक्ता निहतानार्जवैर्जनैः ।
ऋजवो नाकपृष्ठे शुद्धात्मानः प्रतिष्ठिताः ॥ १५ ॥

कितने ही और शुद्धात्मा पुरुष सरलतासे ही संयुक्त हो कुटिल मनुष्योंद्वारा मारे गये और स्वर्गलोकमें प्रतिष्ठित हुए हैं ॥ १५ ॥

एवं बहुविधैर्लोकैर्धर्मद्वारैरनावृतैः ।
ममापि मतिराविग्ना मेघलेखेव वायुना ॥ १६ ॥

इस प्रकार लोकमें धर्मके विविध एवं बहुत-से दरवाजे खुले हुए हैं, उनसे मेरी बुद्धि भी उसी प्रकार उद्विग्न एवं हो उठी है, जैसे वायुसे मेघोंकी घटा ॥ १६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने चतुःपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५४ ॥

श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक तीन सौ चौवनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३५४ ॥

पञ्चपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

अतिथिद्वारा नागराज पद्मनामके सदाचार और सद्गुणोंका वर्णन तथा ब्राह्मणको उसके पास जानेके लिये प्रेरणा

अतिथिरुवाच

उपदेशं तु ते विप्र करिष्येऽहं यथाक्रमम् ।
गुरुणा मे यथाख्यातमर्थतत्त्वं तु मे शृणु ॥ १ ॥

अतिथिने कहा—विप्रवर ! मेरे गुरुने इस विषयमें जो तात्त्विक बात बतलायी है, उसीका मैं तुमको क्रमशः उपदेश करूँगा । तुम मेरे इस कथनको सुनो ॥ १ ॥

यत्र पूर्वाभिसर्गे वै धर्मचक्रं प्रवर्तितम् ।
[illegible] गोमतीतीरे तत्र नागाह्वयं पुरम् ॥ २ ॥
समग्रैस्त्रिदशैस्तत्र इष्टमासीद् द्विजर्षभ ।
यत्रेन्द्रातिक्रमं चक्रे [illegible] राजसत्तमः ॥ ३ ॥

द्विजश्रेष्ठ ! पूर्वकल्पमें जहाँ प्रजापतिने धर्मचक्र प्रवर्तित किया [illegible] सम्पूर्ण देवताओंने जहाँ यज्ञ किया था तथा जहाँ राजाओंमें श्रेष्ठ मान्धाता [illegible] करनेमें इन्द्रसे भी आगे बढ़ गये थे, [illegible] नैमिषारण्यमें गोमतीके तटपर नागपुर नामक [illegible] नगर है ॥ २-३ ॥

कृताधिवासो धर्मात्मा तत्र चक्षुःश्रवा महान् ।
पद्मनाभो महाभागः पद्म इत्येव विश्रुतः ॥ [illegible] ॥

वहाँ एक महान् धर्मात्मा सर्प निवास करता है। उस [illegible] [illegible] तो है पद्मनाभ; परंतु पद्म नामसे ही उसकी प्रसिद्धि है ॥ ४ ॥

[illegible] वाचा कर्मणा चैव [illegible] [illegible] द्विजर्षभ ।
प्रसादयति भूतानि त्रिविधे वर्त्मनि स्थितः ॥ ५ ॥

द्विजश्रेष्ठ ! पद्म मन, वाणी और क्रियाद्वारा कर्म, उपासना और ज्ञान—इन तीनों मार्गोंका आश्रय लेकर रहता और सम्पूर्ण भूतोंको प्रसन्न रखता है ॥ ५ ॥

[illegible] भेदेन दानेन दण्डेनेति चतुर्विधम् ।
विषमस्थं समस्थं च चक्षुर्ध्यानेन रक्षति ॥ ६ ॥

वह विषमतापूर्ण बर्ताव करनेवाले पुरुषको [illegible] [illegible] दण्ड और भेद-नीतिके द्वारा राहपर लाता है, समदर्शीकी [illegible] करता है और नेत्र आदि इन्द्रियोंको विचारके द्वारा कुमार्गमें जानेसे बचाता है ॥ ६ ॥

तमतिक्रम्य विधिना प्रष्टुमर्हसि काङ्क्षितम् ।
स ते परमकं धर्मं न मिथ्या दर्शयिष्यति ॥ [illegible] ॥

तुम उसीके पास [illegible] विधिपूर्वक अपना मनोवाञ्छित प्रश्न पूछो। वह तुम्हें परम [illegible] धर्मका दर्शन करायेगा; मिथ्या धर्मका उपदेश नहीं करेगा ॥ [illegible] ॥

स हि सर्वातिथिर्नागो बुद्धिशास्त्रविशारदः ।
गुणैरनुपमैर्युक्तः समस्तैराभिकामिकैः ॥ ८ ॥

वह नाग बड़ा बुद्धिमान् और शास्त्रोंका पण्डित है। [illegible] अतिथि-सत्कार करता है। समस्त अनुपम तथा वाञ्छनीय सद्गुणोंसे [illegible] है ॥ ८ ॥

[illegible] नित्यसलिलो नित्यमध्ययने रतः ।
तपोदमाभ्यां संयुक्तो वृत्तेनानवरेण च ॥ ९ ॥

स्वभाव तो उसका पानीके [illegible] है। [illegible] सदा स्वाध्यायमें लगा रहता है। तप, इन्द्रिय-संयम [illegible] उत्तम आचार-विचारसे संयुक्त है ॥ ९ ॥

[illegible] दानपतिः क्षान्तो वृत्ते च परमे स्थितः ।
सत्यवागनसूयश्च शीलवान्नियतेन्द्रियः ॥ १० ॥

वह यज्ञका अनुष्ठान करनेवाला, दानियोंका शिरोमणि, क्षमाशील, श्रेष्ठ सदाचारमें संलग्न, सत्यवादी, दोषदृष्टिसे रहित, शीलवान् और जितेन्द्रिय है ॥ १० ॥

शेषान्नभोक्ता वचनानुकूलो
हितार्जवोत्कृष्टकृताकृतज्ञः ।
अवैरकृद् भूतहिते नियुक्तो
गङ्गाह्रदाम्भोऽभिजनोपपन्नः ॥ ११ ॥

यज्ञशेष अन्नका वह भोजन करता है, अनुकूल वचन बोलता है, हित और सरलभावसे रहता है। उत्कृष्ट कर्तव्य और अकर्तव्यको जानता है, किसीसे भी वैर नहीं करता है। [illegible] प्राणियोंके हितमें लगा रहता है तथा वह गङ्गाजीके समान पवित्र एवं निर्मल कुलमें उत्पन्न हुआ है ॥ ११ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने
पञ्चपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५५ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक
तीन सौ पचपनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३५५ ॥

षट्पञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

अतिथिके वचनोंसे संतुष्ट [illegible] ब्राह्मणका उसके कथनानुसार नागराजके घरकी ओर [illegible]

ब्राह्मण उवाच

अतिभारोऽद्य तस्यैव भारावतरणं महत् ।
पराश्वासकरं वाक्यमिदं मे [illegible] श्रुतम् ॥ १ ॥

ब्राह्मणने कहा—अतिथिदेव ! मुझपर बड़ा भारी बोझ-सा लदा हुआ था, उसे आज आपने उतार दिया। यह बहुत बड़ा कार्य हो गया। आपकी यह बात जो मैंने सुनी है, दूसरोंको पूर्ण सान्त्वना प्रदान करनेवाली है ॥ १ ॥

अध्वक्लान्तस्य शयनं स्थानक्लान्तस्य चासनम् ।
तृषितस्य च पानीयं क्षुधार्तस्य [illegible] भोजनम् ॥ २ ॥

राह चलनेसे थके हुए बटोहीको शय्या, खड़े-खड़े जिसके

पैर दुख रहे हों, उसके लिये बैठनेका आसन, प्यासेको पानी और भूखसे पीड़ित मनुष्यको भोजन मिलनेसे जितना संतोष होता है, उतनी ही प्रसन्नता मुझे आपकी यह बात सुनकर हुई है ॥ २ ॥

ईप्सितस्येव सम्प्राप्तिरन्नस्य समयेऽतिथेः।
एषितस्यात्मनः काले वृद्धस्यैव सुतो यथा ॥ ३ ॥
मनसा चिन्तितस्येव प्रीतिस्निग्धस्य दर्शनम्।
प्रह्लादयति मां वाक्यं भवता यदुदीरितम् ॥ ४ ॥

भोजनके समय मनोवाञ्छित अन्नकी प्राप्ति होनेसे अतिथिको, समयपर अभीष्ट वस्तुकी प्राप्ति होनेसे अपने मनको, पुत्रकी प्राप्ति होनेसे वृद्धको तथा मनसे जिसका चिन्तन हो रहा हो, उस प्रेमी मित्रका दर्शन होनेसे मित्रको जितना आनन्द प्राप्त होता है, आज आपने जो बात कही है, वह मुझे उतना ही आनन्द दे रही है ॥ ३-४ ॥

दत्तचक्षुरिवाकाशे पश्यामि विमृशामि च।
प्रज्ञानवचनाद्योऽयमुपदेशो हि मे कृतः ॥ ५ ॥

आपने मुझे यह उपदेश क्या दिया, अन्धेको आँख दे दी। आपके इस ज्ञानमय वचनको सुनकर मैं आकाशकी ओर देखता और कर्तव्यका विचार करता हूँ ॥ ५ ॥

बाढमेवं करिष्यामि यथा मे भाषते भवान्।
इमां हि रजनीं साधो निवसस्व मया सह ॥ ६ ॥
प्रभाते यास्यति भवान् पर्याश्वस्तः सुखोषितः।
असौ हि भगवान् सूर्यो मन्दरश्मिरवाङ्मुखः ॥ ७ ॥

विद्वन्! आप मुझे जैसी सलाह दे रहे हैं, अवश्य ऐसा ही करूँगा। साधो! ये भगवान् सूर्य अस्ताचल की ओर जा रहे हैं। उनकी किरणें मन्द हो गयी हैं; अतः आप इस रातमें मेरे साथ यहीं रहिये और सुखपूर्वक विश्राम करके भलीभाँति अपनी थकावट दूर कीजिये; फिर सबेरे अपने अभीष्ट स्थानको चले जाइयेगा ॥ ६-७ ॥

भीष्म उवाच

ततस्तेन कृतातिथ्यः सोऽतिथिः शत्रुसूदन।
उवास किल तां रात्रिं सह तेन द्विजेन वै ॥ ८ ॥

भीष्मजी कहते हैं—शत्रुसूदन! तदनन्तर वह अतिथि उस ब्राह्मणका आतिथ्य ग्रहण करके रातभर वहीं उस ब्राह्मणके साथ रहा ॥ ८ ॥

चतुर्थधर्मसंयुक्तं तयोः कथयतोस्तदा।
व्यतीता सा निशा कृत्स्ना सुखेन दिवसोपमा ॥ ९ ॥

मोक्षधर्मके सम्बन्धमें बातें करते हुए उन दोनोंकी वह सारी रात दिनके समान ही बड़े सुखसे बीत गयी ॥ ९ ॥

ततः प्रभातसमये सोऽतिथिस्तेन पूजितः।
ब्राह्मणेन यथाशक्त्या स्वकार्यमभिकाङ्क्षता ॥ १० ॥

फिर सबेरा होनेपर अपने कार्यकी सिद्धि चाहनेवाले उस ब्राह्मणद्वारा यथाशक्ति सम्मानित हो वह अतिथि चला गया ॥ १० ॥

ततः स विप्रः कृतकर्मनिश्चयः
कृताभ्यनुज्ञः स्वजनेन धर्मकृत्।
यथोपदिष्टं भुजगेन्द्रसंश्रयं
जगाम काले सुकृतैकनिश्चयः ॥ ११ ॥

तत्पश्चात् वह धर्मात्मा ब्राह्मण अपने अभीष्ट कार्यको पूर्ण करनेका निश्चय करके स्वजनोंकी अनुमति ले अतिथिके बताये अनुसार यथासमय नागराजके घरकी ओर चल दिया। उसने अपने शुभ कार्यको सिद्ध करनेका एक दृढ़ निश्चय कर लिया था ॥ ११ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने षट्पञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५६ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक तीन सौ छप्पनवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३५६ ॥

सप्तपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

नागपत्नीके द्वारा ब्राह्मणका सत्कार और वार्तालापके बाद ब्राह्मणके द्वारा नागराजके आगमनकी प्रतीक्षा

भीष्म उवाच

स वनानि विचित्राणि तीर्थानि च सरांसि च।
अभिगच्छन् क्रमेण स कंचिन्मुनिमुपस्थितः ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—राजन्! वह ब्राह्मण क्रमशः अनेकानेक विचित्र वनों, तीर्थों और सरोवरोंको लाँघता हुआ किसी मुनिके आश्रमपर उपस्थित हुआ ॥ १ ॥

तं स तेन यथोद्दिष्टं नागं विप्रेण ब्राह्मणः।
पर्यपृच्छद् यथान्यायं श्रुत्वैव च जगाम सः ॥ २ ॥

उस मुनिसे ब्राह्मणने अपने अतिथिके बताये हुए नागका पता पूछा। मुनिने जो कुछ बताया, उसे

यथावत्‌रूपसे सुनकर वह पुनः आगे बढ़ा ॥ २ ॥

सोऽभिगम्य यथान्यायं नागायतनमर्थवित्।
प्रोक्तवानहमस्मीति भोःशब्दालंकृतं वचः॥ ३ ॥

अपने उद्देश्यको ठीक-ठीक समझनेवाला वह ब्राह्मण विधिपूर्वक यात्रा करके नागके घरपर पहुँचा। घरके द्वारपर पहुँचकर उसने 'भोः' शब्दसे विभूषित वचन बोलते हुए पुकार लगायी—'कोई है? मैं यहाँ द्वारपर आया हूँ'॥

ततस्तस्य वचनं श्रुत्वा रूपिणी धर्मवत्सला।
दर्शयामास तं विप्रं नागपत्नी पतिव्रता॥ ४ ॥

उसकी वह बात सुनकर धर्मके प्रति अनुराग रखनेवाली नागराजकी परम सुन्दरी पतिव्रता पत्नीने उस ब्राह्मणको दर्शन दिया॥ ४ ॥

सा तस्मै विधिवत् पूजां चक्रे धर्मपरायणा।
स्वागतेनागतं कृत्वा किं करोमीति चाब्रवीत्॥ ५ ॥

उस धर्मपरायणा सतीने ब्राह्मणका विधिपूर्वक पूजन किया और स्वागत करते हुए कहा—'ब्राह्मणदेव! आज्ञा दीजिये, मैं आपकी क्या सेवा करूँ?'॥ ५ ॥

ब्राह्मण उवाच

विश्रान्तोऽभ्यर्चितश्चास्मि भवत्या श्लक्ष्णया गिरा।
द्रष्टुमिच्छामि भवति देवं नागमनुत्तमम्॥ ६ ॥

ब्राह्मणने कहा—देवि! आपने मधुर वाणीसे मेरा स्वागत और पूजन किया। इससे मेरी सारी थकावट दूर हो गयी। अब मैं परम उत्तम नागदेवका दर्शन करना चाहता हूँ॥

एतद्धि परमं कार्यमेतन्मे परमेप्सितम्।
अनेन चार्थेनास्म्यद्य सम्प्राप्तः पन्नगाश्रमम्॥ ७ ॥

यही मेरा सबसे बड़ा कार्य है और यही मेरा महान् मनोरथ है, मैं इसी उद्देश्यसे आज नागराजके इस आश्रमपर आया हूँ॥ ७ ॥

नागभार्योवाच

आर्यः सूर्यरथं वोढुं गतोऽसौ मासचारिकः।
सप्ताष्टभिर्दिनैर्विप्र दर्शयिष्यत्यसंशयम्॥ ८ ॥

नागपत्नीने कहा—विप्रवर! मेरे माननीय पतिदेव सूर्यदेवका रथ ढोनेके लिये गये हुए हैं। वर्षमें एक बार एक मासतक उन्हें यह कार्य करना पड़ता है। पंद्रह दिनोंमें ही वे यहाँ दर्शन देंगे—इसमें संशय नहीं है॥ ८ ॥

एतद्विदितमार्यस्य विवासकरणं तव।
भर्तुर्भवतु किं चान्यत् क्रियतां तद् वदस्व मे॥ ९ ॥

मेरे पतिदेव—आर्यपुत्रके बाहर जानेका यह कारण आपको विदित हो। उनके दर्शनके सिवा और क्या काम है? यह मुझे बताइये, जिससे वह पूर्ण किया जाय॥ ९ ॥

ब्राह्मण उवाच

अनेन निश्चयेनाहं साध्वि सम्प्राप्तवानिह।
प्रतीक्षन्नागमं देवि वत्स्याम्यस्मिन् महावने॥ १० ॥

ब्राह्मणने कहा—सती-साध्वी देवि! मैं उनके दर्शन करनेका निश्चय करके ही यहाँ आया हूँ; अतः उनके आगमनकी प्रतीक्षा करता हुआ मैं इस महान् वनमें निवास करूँगा॥ १० ॥

सम्प्राप्तस्यैव चाव्यग्रमावेद्योऽहमिहागतः।
ममाभिगमनं प्राप्तो वाच्यश्च वचनं त्वया॥ ११ ॥

जब नागराज यहाँ आ जायँ, तब उन्हें शान्तभावसे यह बतला देना चाहिये कि मैं यहाँ आया हूँ। तुम्हें ऐसी बात उनसे कहनी चाहिये, जिससे वे मेरे निकट आकर मुझे दर्शन दें॥ ११ ॥

अहमप्यत्र वत्स्यामि गोमत्याः पुलिने शुभे।
कालं परिमिताहारो यथोक्तं परिपालयन्॥ १२ ॥

मैं भी यहाँ गोमतीके सुन्दर तटपर परिमित आहार करके तुम्हारे बताये हुए समयकी प्रतीक्षा करता हुआ निवास करूँगा॥ १२ ॥

ततः स विप्रस्तां नागीं समाधाय पुनः पुनः।
तदेव पुलिनं नद्याः प्रययौ ब्राह्मणर्षभः॥ १३ ॥

तदनन्तर वह श्रेष्ठ ब्राह्मण नागपत्नीको बारंबार (नागराजको भेजनेके लिये) जताकर गोमती नदीके तटपर ही चला गया॥ १३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने सप्तपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः॥ ३५७ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक तीन सौ सत्तावनवाँ अध्याय पूरा हुआ॥ ३५७ ॥

अष्टपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः

नागराजके दर्शनके लिये ब्राह्मणकी तपस्या तथा नागराजके परिवारवालोंका भोजनके लिये ब्राह्मणसे आग्रह करना

भीष्म उवाच

अथ तेन नरश्रेष्ठ ब्राह्मणेन तपस्विना।
निराहारेण वसता दुःखितास्ते भुजङ्गमाः॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—नरश्रेष्ठ! तदनन्तर गोमतीके

तटपर रहता हुआ वह [illegible] निराहार रहकर तपस्या करने [illegible] । उसके भोजन न करनेसे वहाँ रहनेवाले नागोंको बड़ा दुःख हुआ ॥ १ ॥

सर्वे सम्भूय सहिता ह्यस्य नागस्य बान्धवाः।
भ्रातरस्तनया भार्या ययुस्तं ब्राह्मणं प्रति ॥ २ ॥

[illegible] नागराजके भाई-बन्धु, स्त्री-पुत्र [illegible] मिलकर [illegible] ब्राह्मणके पास गये ॥ २ ॥

तेऽपश्यन् पुलिने तं वै विविक्ते नियतव्रतम्।
समासीनं निराहारं द्विजं जप्यपरायणम् ॥ ३ ॥

उन्होंने देखा, ब्राह्मण गोमतीके तटपर एकान्त प्रदेशमें व्रत और नियमके पालनमें तत्पर हो निराहार बैठा हुआ है और मन्त्रका जप कर रहा है ॥ ३ ॥

ते सर्वे समतिक्रम्य विप्रमभ्यर्च्य चासकृत्।
ऊचुर्वाक्यमसंदिग्धमातिथेयस्य बान्धवाः ॥ [illegible] ॥

अतिथि-सत्कारके लिये प्रसिद्ध हुए नागराजके सब भाई-बन्धु ब्राह्मणके पास जा उसकी बारंबार पूजा करके संदेह-रहित वाणीमें बोले—॥ ४ ॥

षष्ठो हि दिवसस्तेऽद्य प्राप्तस्येह तपोधन।
[illegible] चाभिभाषसे किंचिदाहारं धर्मवत्सल ॥ ५ ॥

'धर्मवत्सल तपोधन ! आपको यहाँ आये आज छः दिन हो गये; किंतु अभीतक आप कुछ भोजन लानेके लिये हमें आज्ञा नहीं दे रहे हैं ॥ ५ ॥

अस्मानभिगतश्चासि वयं [illegible] त्वामुपस्थिताः।
कार्यं चातिथ्यमस्माभिर्वयं सर्वे कुटुम्बिनः ॥ ६ ॥

'आप हमारे घर अतिथिके रूपमें आये हैं और हम आपकी सेवामें उपस्थित हुए हैं। आपका आतिथ्य करना हमारा कर्तव्य है; क्योंकि हम सब लोग गृहस्थ हैं ॥ ६ ॥

मूलं फलं वा पर्णं वा पयो वा द्विजसत्तम।
आहारहेतोरन्नं वा भोक्तुमर्हसि ब्राह्मण ॥ ७ ॥

'द्विजश्रेष्ठ ब्राह्मणदेव ! आप क्षुधाकी निवृत्तिके लिये हमारे लाये हुए फल-मूल, साग, दूध अथवा अन्नको अवश्य ग्रहण करनेकी कृपा करें ॥ ७ ॥

त्यक्ताहारेण भवता वने निवसता त्वया।
बालवृद्धमिदं सर्वं पीड्यते धर्मसंकटात् ॥ ८ ॥

'इस वनमें रहकर आपने भोजन छोड़ दिया है। इससे हमारे धर्ममें बाधा आती है। बालकसे लेकर वृद्धतक हम सब लोगोंको इस बातसे बड़ा कष्ट हो रहा है ॥ ८ ॥

न हि नो भ्रूणहा कश्चिज्जातापत्यमृतोऽपि वा।
पूर्वाशी वा कुले ह्यस्मिन् देवतातिथिबन्धुषु ॥ ९ ॥

'हमारे इस कुलमें कोई भी ऐसा नहीं है, जिसने कभी भ्रूणहत्या की हो, जिसकी संतान पैदा होकर मर गयी हो, जिसने मिथ्या भाषण किया हो अथवा जो देवता, अतिथि एवं बन्धुओंको अन्न देनेके पहले ही भोजन कर लेता हो' ॥ ९ ॥

ब्राह्मण उवाच

उपदेशेन युष्माकमाहारोऽयं कृतो मया।
द्विरूनं दशरात्रं वै नागस्यागमनं प्रति ॥ १० ॥

ब्राह्मणने कहा—नागगण ! आपलोगोंके इस उपदेशसे ही मैं तृप्त हो गया। आपलोग ऐसा समझें कि मैंने यह आहार ही प्राप्त कर लिया। नागराजके आनेमें केवल आठ रातें बाकी हैं ॥ १० ॥

यद्यष्टरात्रेऽतिक्रान्ते नागमिष्यति पन्नगः।
तदाहारं करिष्यामि तन्निमित्तमिदं व्रतम् ॥ ११ ॥

यदि आठ रात बीत जानेपर भी नागराज नहीं आयेंगे तो मैं भोजन कर लूँगा। उनके आगमनके लिये ही मैंने यह व्रत लिया है ॥ ११ ॥

कर्तव्यो न च संतापो गम्यतां च यथागतम्।
तन्निमित्तमिदं सर्वं नैतद् भेत्तुमिहार्हथ ॥ १२ ॥

आपलोगोंको इसके लिये संताप नहीं करना चाहिये। आप जैसे आये हैं, वैसे ही घर लौट जाइये। नागराजके दर्शनके लिये ही मेरा यह सारा [illegible] और नियम है। अतः आपलोग इसे भङ्ग न करें ॥ १२ ॥

ते तेन समनुज्ञाता ब्राह्मणेन भुजङ्गमाः।
स्वमेव भवनं जग्मुरकृतार्था नरर्षभ ॥ १३ ॥

नरश्रेष्ठ ! उस ब्राह्मणके इस प्रकार आदेश देनेपर वे नाग अपने प्रयत्नमें असफल हो घरको ही लौट गये ॥ १३ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने अष्टपञ्चाशदधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५८ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक तीन सौ अट्ठावनवाँ [illegible] पूरा हुआ ॥ ३५८ ॥

एकोनषष्ट्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

नागराजका घर लौटना, पत्नीके साथ उनकी धर्मविषयक बातचीत [illegible] पत्नीका उनसे ब्राह्मणको दर्शन देनेके लिये अनुरोध

भीष्म उवाच

अथ काले बहुतिथे पूर्णे प्राप्तो भुजङ्गमः।
दत्ताभ्यनुज्ञः स्वं वेश्म कृतकर्मा विवस्वता ॥ १ ॥

भीष्मजी कहते हैं—युधिष्ठिर ! तदनन्तर कई दिनोंका समय पूरा होनेपर [illegible] नागराजका काम पूरा हो गया, तब सूर्यदेवकी आज्ञा पाकर वे अपने घरको लौटे ॥ १ ॥

तं भार्याप्युपचक्राम पादशौचादिभिर्गुणैः।
उपपन्नां च तां साध्वीं [illegible] पर्यपृच्छत ॥ २ ॥

वहाँ नागराजकी पत्नी पैर धोनेके लिये जल—पाद्य आदि उत्तम सामग्रियोंके [illegible] पतिकी सेवामें उपस्थित हुई। अपनी साध्वी पत्नीको समीप आयी देख नागराजने पूछा—॥

[illegible] त्वमसि कल्याणि देवतातिथिपूजने।
पूर्वमुक्तेन विधिना युक्ता युक्तेन मत्समम् ॥ ३ ॥

'कल्याणि ! मेरे द्वारा बतायी हुई उपयुक्त विधिसे युक्त हो तुम मेरे ही समान देवताओं और अतिथियोंके पूजनमें तत्पर तो रही हो न ? ॥ ३ ॥

[illegible] खल्वस्यकृतार्थेन स्त्रीबुद्ध्या मार्दवीकृता।
मद्वियोगेन सुश्रोणि वियुक्ता धर्मसेतुना ॥ ४ ॥

'सुन्दरि ! मेरे वियोगमें तुम्हें शिथिल तो नहीं [illegible] दिया था ? तुम्हारी स्त्री-बुद्धिके कारण कहीं धर्मकी मर्यादा असफल या अरक्षित तो नहीं रह गयी और उसके कारण [illegible] धर्म-पालनसे विमुख या दूर तो नहीं हो गयीं ? ॥ ४ ॥

नागभार्योवाच

शिष्याणां गुरुशुश्रूषा विप्राणां वेदधारणम्।
भृत्यानां स्वामिवचनं राज्ञो लोकानुपालनम् ॥ ५ ॥

नागपत्नीने कहा—शिष्योंका धर्म है गुरुकी सेवा करना, ब्राह्मणोंका धर्म है वेदोंको धारण करना, सेवकोंका धर्म है स्वामीकी आज्ञाका पालन तथा राजाका धर्म है प्रजावर्गका सतत संरक्षण ॥ ५ ॥

सर्वभूतपरित्राणं क्षत्रधर्म इहोच्यते।
वैश्यानां यज्ञसंवृत्तिरातिथेयसमन्विता ॥ ६ ॥

इस जगत्‌में समस्त प्राणियोंकी [illegible] करना क्षत्रिय-धर्म बताया जाता है। [illegible]तिथिसत्कारके साथ-साथ यज्ञोंका अनुष्ठान करना वैश्योंका धर्म कहा गया है ॥ ६ ॥

विप्रक्षत्रियवैश्यानां शुश्रूषा शूद्रकर्म तत्।
गृहस्थधर्मो नागेन्द्र सर्वभूतहितैषिता ॥ [illegible] ॥

नागराज ! ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य—तीनों वर्णोंकी सेवा करना शूद्रका कर्तव्य बताया गया है और [illegible] प्राणियोंके हितकी इच्छा रखना गृहस्थका धर्म है ॥ [illegible] ॥

नियताहारता नित्यं व्रतचर्या यथाक्रमम्।
धर्मो हि धर्मसम्बन्धादिन्द्रियाणां विशेषतः ॥ [illegible] ॥

नियमित आहारका सेवन और विधिवत् [illegible] पालन उसका धर्म है। धर्म-पालनके सम्बन्धसे इन्द्रियोंकी विशेष-रूपसे शुद्धि होती है ॥ ८ ॥

अहं [illegible] कुतो वापि कः को मे [illegible] भवेदिति।
प्रयोजनमतिर्नित्यमेवं मोक्षाश्रमे वसेत् ॥ ९ ॥

'मैं किसका हूँ ? कहाँसे आया हूँ ? मेरा कौन है ? तथा इस जीवनका प्रयोजन क्या है ?' इत्यादि बातोंका सदा विचार करते हुए ही सन्यासीको सन्यास-आश्रममें रहना चाहिये ॥

पतिव्रतात्वं भार्यायाः परमो धर्म उच्यते।
तवोपदेशान्नागेन्द्र तच्च तत्त्वेन वेद्मि वै ॥ १० ॥

[illegible] ! पत्नीके लिये पातिव्रत्य ही सबसे बड़ा धर्म [illegible] है। आपके उपदेशसे अपने [illegible] धर्मको मैं अच्छी तरह समझती हूँ ॥ १० ॥

साहं धर्मं विजानन्ती धर्मनित्ये त्वयि स्थिते।
सत्पथं कथमुत्सृज्य यास्यामि विपथं पथः ॥ ११ ॥

जब आप—मेरे पतिदेव सदा धर्मपर स्थित रहते हैं, [illegible] धर्मको जानती हुई भी [illegible] कैसे सन्मार्गका त्याग करके कुमार्गपर पैर रखूँगी ? ॥ ११ ॥

देवतानां महाभाग धर्मचर्या न हीयते।
अतिथीनां [illegible] सत्कारे नित्ययुक्तास्म्यतन्द्रिता ॥ १२ ॥

महाभाग ! देवताओंकी आराधनारूप धर्मचर्यामें कोई कमी नहीं आयी है, अतिथियोंके सत्कारमें भी [illegible] सदा [illegible] छोड़कर लगी रही हूँ ॥ १२ ॥

सप्ताष्टदिवसास्त्वद्य विप्रस्येहागतस्य वै।
[illegible] न मे ख्याति दर्शनं [illegible] काङ्क्षति ॥ १३ ॥

परंतु आज पंद्रह दिनसे एक ब्राह्मणदेवता यहाँ पधारे हुए हैं। वे मुझसे अपना कोई कार्य नहीं बता रहे हैं। केवल आपका दर्शन चाहते हैं ॥ १३ ॥

गोमत्यास्त्वेष पुलिने त्वद्दर्शनसमुत्सुकः।
आसीनो वर्तयन् ब्रह्म [illegible] संशितव्रतः ॥ १४ ॥

वे कठोर व्रतका पालन करनेवाले ब्राह्मण वेदोंका पारायण करते हुए आपके दर्शनके लिये उत्सुक हो गोमतीके किनारे बैठे हुए हैं ॥ १४ ॥

अहं त्वनेन नागेन्द्र सत्यपूर्वं समाहिता।
प्रस्थाप्यो मत्सकाशं स सम्प्राप्तो भुजगोत्तमः ॥ १५ ॥

नागराज ! उन्होंने मुझसे पहले सच्ची प्रतिज्ञा करा ली है कि नागराजके आते ही तुम उन्हें मेरे पास भेज देना ॥

एतच्छ्रुत्वा महाप्राज्ञ तत्र गन्तुं त्वमर्हसि।
दातुमर्हसि वा तस्य दर्शनं दर्शनश्रवः ॥ १६ ॥

महाप्राज्ञ नागराज ! मेरी यह बात सुनकर अब आपको वहाँ जाना चाहिये और ब्राह्मणदेवताको दर्शन देना चाहिये ॥ १६ ॥

इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि मोक्षधर्मपर्वणि उञ्छवृत्त्युपाख्याने एकोनषष्ट्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः ॥ ३५९ ॥

इस प्रकार श्रीमहाभारत शान्तिपर्वके अन्तर्गत मोक्षधर्मपर्वमें उञ्छवृत्तिका उपाख्यानविषयक तीन सौ उनसठवाँ अध्याय पूरा हुआ ॥ ३५९ ॥

षष्ट्यधिकत्रिशततमोऽध्यायः

पत्नीके धर्मयुक्त वचनोंसे नागराजके अभिमान एवं रोषका नाश और उनका ब्राह्मणको दर्शन देनेके लिये उद्यत होना

नाग उवाच

अथ ब्राह्मणरूपेण कं तं समनुपश्यसि।
मानुषं केवलं विप्रं देवं वाथ शुचिस्मिते ॥ १ ॥

नागने पूछा—पवित्र मुस्कानवाली देवि ! ब्राह्मणरूपमें तुमने किसका दर्शन किया है ? वे ब्राह्मण कोई मनुष्य हैं या देवता ? ॥ १ ॥

को हि मां मानुषः शक्तो द्रष्टुकामो यशस्विनि।
संदर्शनरुचिर्वाक्यमाज्ञापूर्वं वदिष्यति ॥ २ ॥

यशस्विनि ! भला, कौन मनुष्य मुझे देखनेकी इच्छा कर सकता है और यदि दर्शनकी इच्छा करे भी तो कौन इस तरह मुझे आज्ञा देकर बुला सकता है ? ॥ २ ॥

सुरासुरगणानां च देवर्षीणां च भाविनि।
ननु नागा महावीर्याः सौरसेयास्तरस्विनः ॥ ३ ॥
वन्दनीयाश्च वरदा वयमप्यनुयायिनः।
मनुष्याणां विशेषेण नावेक्ष्या इति मे मतिः ॥ ४ ॥

भाविनि ! सुरसाके वंशज नाग महापराक्रमी और अत्यन्त वेगशाली होते हैं। वे देवताओं, असुरों और देवर्षियोंके लिये भी वन्दनीय हैं। हमलोग भी अपने सेवकको वर देनेवाले हैं। विशेषतः मनुष्योंके लिये हमारा दर्शन सुलभ नहीं है, ऐसी मेरी धारणा है ॥ ३-४ ॥

नागभार्योवाच

आर्जवेन विजानामि नासौ देवोऽनिलाशन।
एकं त्वस्मिन् विजानामि भक्तिमानतिरोषण ॥ ५ ॥

नागपत्नी बोली—अत्यन्त क्रोधी स्वभाववाले वायुभोजी नागराज ! उन ब्राह्मणकी सरलतासे तो मैं यही समझती हूँ कि वे देवता नहीं हैं। मुझे उनमें एक बहुत बड़ी विशेषता यह जान पड़ी है कि वे आपके भक्त हैं ॥ ५ ॥

स हि कार्यान्तराकाङ्क्षी जलेप्सुः स्तोकको यथा।
वर्षं वर्षप्रियः पक्षी दर्शनं तव काङ्क्षति ॥ ६ ॥

जैसे वर्षाके जलका प्रेमी प्यासा पपीहा पक्षी पानीके लिये वर्षाकी बाट जोहता रहता है, उसी प्रकार वे ब्राह्मण किसी दूसरे कार्यको सिद्ध करनेकी इच्छासे आपका दर्शन चाहते हैं ॥ ६ ॥

हित्वा त्वद्दर्शनं किंचिद् विघ्नं न प्रतिपालयेत्।
तुल्योऽप्यभिजने जातो न कश्चित् पर्युपासते ॥ ७ ॥

वे आपका दर्शन छोड़कर दूसरी किसी वस्तुको विघ्न समझते हैं; अतः वह विघ्न उन्हें नहीं प्राप्त होना चाहिये। उत्तम कुलमें उत्पन्न हुआ आपके समान कोई सद्गृहस्थ अतिथिकी उपेक्षा करके घरमें नहीं बैठता है ॥ ७ ॥

तद्रोषं सहजं त्यक्त्वा त्वमेनं द्रष्टुमर्हसि।
आशाच्छेदेन तस्याद्य नात्मानं दग्धुमर्हसि ॥ ८ ॥

अतः आप अपने सहज रोषको त्यागकर इन ब्राह्मणदेवताका दर्शन कीजिये। आज इनकी आशा भंग करके अपने-आपको भस्म न कीजिये ॥ ८ ॥

आशया ह्यभिपन्नानामकृत्वाश्रुप्रमार्जनम्।
राजा वा राजपुत्रो वा भ्रूणहत्यैव युज्यते ॥ ९ ॥

जो आशा लगाकर अपनी शरणमें आये हों, उनके आँसू जो नहीं पोंछता है, वह राजा हो या राजकुमार, उसे भ्रूणहत्याका पाप लगता है ॥ ९ ॥

मौनेन ज्ञानफलावाप्तिर्दानेन च यशो महत्।
वाग्मित्वं सत्यवाक्येन परत्र च महीयते ॥ १० ॥

मौन रहनेसे ज्ञानरूपी फलकी प्राप्ति होती है, दान देनेसे महान् यशकी वृद्धि होती है । [illegible] बोलनेसे वाणीकी पटुता और परलोकमें प्रतिष्ठा [illegible] होती है ॥ १० ॥

भूप्रदानेन [illegible] गतिं लभत्याश्रमसम्मिताम् ।
न्यायप्राप्तस्यार्थस्य सम्प्राप्तिं कृत्वा फलमुपाश्नुते ॥ ११ ॥

भूदान करनेसे मनुष्य आश्रम-धर्मके पालनके समान उत्तम गति [illegible] है । न्यायपूर्वक धनका उपार्जन करके पुरुष श्रेष्ठ फलका भागी होता है ॥ ११ ॥

✦ दूर से आती हुई अनेक प्रकार की सम्मिलित '**ध्वनि**' केवल एक ही रूप में श्रुति-गोचर होती है। वह रूप है उसका- '**ओङ्**..... '**ओङ्**..... '**ओङ्**..... '**ओङ्**..... ।' किसी मेले-ठेले में, किसी समूह में उससे अलग होकर दूर जाकर सुनिए, केवल यही ध्वनि श्रुति-गत होगी। जङ्गल में चले जाइए, कान लगाकर सुनिए- '**ओम्**..... **ओम्**..... **ओम्**..... ही सुनाई देगा। प्रपात को दूर से सुनिए। निशीथ के एकान्त प्रहर में झींगुरों की कर्ण-कटु चीख को भेदकर कान लगाइए, केवल- **ओम्**..... **ओम्**..... **ओम्** का ही नाद कर्ण-गोचर होगा। सभी प्रकार की ध्वनियों का सम्मिलित स्वर है- **ओम्**..... **ओम्**..... **ओम्**।' इस सम्पूर्ण विनाश-शील अर्थात् परिवर्तन-शील विश्व में '**ध्वनि**' ही **अविनाशी** अथवा **अपरिवर्तन-शील** है।

✦ विश्व की जब उत्पत्ति हुई है, तो विनाश तो अमिट सत्य है ही एवं विनाश के उपरान्त उत्पत्ति-यही तो **विश्व-क्रम** है। उत्पत्ति एवं **विनाश** के मध्य-काल में हम निवास करते हैं, किन्तु **विनाश** एवं **उत्पत्ति** के मध्य में क्या था, इस प्रश्न का एक ही उत्तर सम्भव है-**वह पदार्थ जो त्रि-काल में अपरिर्वतन-शील, अविनाशी है और वह है** '**ध्वनि**' अर्थात् प्रलय के उपरान्त मात्र '**ध्वनि**' शेष थी। उस '**ध्वनि**' का उस समय श्रुति-गोचर रूप क्या था? जो पूर्व **विश्व** की **सम्पूर्ण सम्मिलित ध्वनियों का रूप** सम्भव हो, वही तो? और सम्मिलित ध्वनि का मात्र एक रूप है- **ओम्**..... **ओम्**..... **ओम्**।'

✦ सारांश यह है कि **प्रलय** के उपरान्त केवल एक '**ध्वनि**' व्याप्त थी-'**ओम्**'। इसीलिए **भारतीय दार्शनिकों** ने **प्रलय** के उपरान्त स्थित रहनेवाले तत्त्व को '**ओम्**' के नाम से पुकारा। यह '**ओम्**' ही **सम्पूर्ण ध्वनि का मूल रूप है-सम्मिलित रूप है।**

✦ सभी प्रकार की ध्वनियाँ पानी नहीं बरसा सकतीं। सभी प्रकार की ध्वनियाँ पौधों को बढ़वार नहीं दे सकतीं। कुछ **विशिष्ट ध्वनियाँ** ही **विशिष्ट कार्य-सम्पादन** में समर्थ होती हैं। इसी प्रकार **ध्वनियों का सम्मिलित रूप** किसी भी **सृजन, पालन** किंवा संहार-कार्य में समर्थ नहीं होता क्योंकि परस्पर-विरोधी तत्त्वों के सम्मिश्रण से मिश्रित तत्त्व स्वभावतः क्रिया-हीन हो जाता है। **सम्मिलित ध्वनि-मण्डल** से किसी भी कार्य के सम्पादन के निमित्त आवश्यक है कि उस सम्मिश्रण का पृथक्-करण हो।

मानवीय सृष्टि से सम्बद्ध 'ध्वनि-तरङ्गों' का अन्वेषण

✦ सम्पूर्ण विश्व के समग्र कार्य-कलापों को तीन भागों में ही विभक्त किया जा सकता है-**१. सृजन**, २. पालन और ३. संहार। अतः '**ध्वनि**' **के तीनों रूपों** को अलग-अलग पहचानने का प्रयास हुआ और उसे अलग-अलग रूपों में पहचाना गया।

✦ **सृष्टि के आदि में** '**ध्वनि**' अपने मूल रूप से क्रमशः तीन **रूपों** में विभक्त हुई। इस विभक्तीकरण की विशद व्याख्या से ही **हिन्दू-शास्त्र-पुराणादि** भरे पड़े हैं। '**सप्तशती**' के '**प्राधानिक रहस्य**' में वह

क्रम समझाया गया है, जिस क्रम से 'ध्वनि' की सृष्टि के आदि-रूप से तीन रूपों एवं उनसे पुनः छः रूपों का पृथक्-करण हुआ, किन्तु इतना जान लेने भर से भारतीय महा-वैज्ञानिकों को सन्तोष नहीं हुआ। उन्होंने अपना अन्वेषण चलाए रक्खा। उन्होंने देखा कि विश्व में-ब्रह्माण्ड में-पाँच तत्त्व ही अपने सूक्ष्म, सूक्ष्म-तर एवं सूक्ष्म-तम रूप में क्रिया-शील हैं। इन तत्त्व-विशेषों को उन्होंने क्रमशः १. क्षिति, २. जल, ३. पावक, ४. समीर एवं ५. गगन नाम दिया (ध्यान रहे, स्थूल विश्व में दृष्टि-गत भू-जल-अनल-अनिल-व्योम उक्त तत्त्वों के परिणाम हैं, तत्त्व नहीं)। उन अन्वेषकों ने 'ध्वनि-तरङ्गों' का इन तत्त्व-विशेषों से सम्बन्ध देखा। वस्तुतः 'ध्वनि-तरङ्गें' ही पञ्च सूक्ष्म-तम तत्त्वों की जननी हैं। अतः उन्होंने प्रत्येक तत्त्व (सूक्ष्म-तम) की उत्पादक भिन्न-भिन्न 'ध्वनि-तरङ्गों' का अन्वेषण प्रारम्भ किया और उन्हें खोज निकाला।

- आदि-ध्वनि-'ओम्' अनेक ध्वनियों से एक बनी थी क्योंकि 'ओम्'-सम्पूर्ण 'ध्वनि' का सम्मिलित रूप ही है। सृष्टि के आदि में वही 'एक' पुनः 'अनेक' रूपों में परिवर्तित हुई। 'ध्वनि' के इन अनेक रूपों का गहन अध्ययन कर भारतीय महा-वैज्ञानिकों ने पाया कि इन असंख्य रूपों में केवल थोड़े रूप ही मानवीय सृष्टि से सम्बन्ध रखनेवाले हैं। शेष अनन्त ब्रह्माण्ड के क्रिया-कलापों से सम्बद्ध हैं। सर्व-प्रथम उन्होंने मानवीय सृष्टि, पालन, संहार से सम्बद्ध 'ध्वनि' के रूपों की गणना की। वे 'तैंतीस करोड़' थे, किन्तु यह विस्तृत संख्या मनुष्य की धारणा-शक्ति में समाने योग्य नहीं थी। अतः इन तैंतीस करोड़ रूपों के मूल रूप खोजने में वे तन्मय हुए। उन्होंने 'इक्यावन' ऐसे ध्वनि-रूपों को खोज निकाला, जिनके सम्मिश्रित प्रयोग से इन तैंतीस करोड़ रूपों में से यथेच्छ ध्वनि-रूप उत्पन्न किया जा सके।
- ध्वनि के 'इक्यावन' रूपों में प्रारम्भ में अन्वेषित कुल 'पच्चीस' ध्वनि-रूप हैं। इन 'ध्वनि-रूपों' को भारतीय महा-वैज्ञानिकों ने 'व्यञ्जन' नाम दिया, किन्तु मानवीय किंवा अमानवीय प्रयत्नों से ये 'ध्वनि-रूप' प्रकट नहीं किए जा सकते। अतः इन्हें प्रगट करनेवाली शक्ति की खोज हुई। इन मूल 'ध्वनि-रूपों' का प्रगटीकरण करनेवाली 'सोलह शक्तियाँ' उन्होंने ढूढ़ँ निकालीं। ये 'सोलह' शक्तियाँ-'स्वर' के नाम से अभिव्यक्त की गईं। इसी अन्वेषण में इन स्वर-शक्तियों अर्थात् व्यक्त-कारक शक्तियों की छान-बीन में 'दस' अत्यन्त महत्त्व-पूर्ण 'स्वर' या 'ध्वनि-रूप' उन्हें प्राप्त हुए, अन्त में प्राप्त इन 'ध्वनि-रूपों' को 'अन्तःस्थ' नाम दिया गया। इस प्रकार इनकी परिपूर्ण संख्या 'इक्यावन' हो गई।
- 'इक्यावन ध्वनि-रूपों' के पञ्च-महा-तत्त्वों पर प्रभाव का अध्ययन करते हुए भारतीय महा-वैज्ञानिकों ने कुछ परिणाम निकाले। उन्होंने देखा कि प्रत्येक व्यक्त-कारक शक्ति-'व्यञ्जन-ध्वनि' किंवा 'अन्तःस्थ-ध्वनि' एक विशिष्ट महा-भूत (महा-तत्त्व) में एक विशेष प्रकार का कम्पन करती है। अतः उन्होंने निम्न प्रकार से इनका विभागीकरण किया-

५१ 'ध्वनि-तरङ्गों' का विभागीकरण

१. स्वर-शक्तियाँ, २. व्यञ्जन-ध्वनि, ३. अन्तःस्थ ध्वनि-पाँचों महा-भूतों पर निम्न प्रकार से कार्य करती हैं :

स्वर	व्यञ्जन	अन्तःस्थ	महा-भूत
१. अ, आ	क, च, ट, त, प	य, स	वायु
२. इ, ई, ऋ, ॠ	ख, छ, ठ, थ, फ	र, श	अग्नि
३. उ, ऊ, ऌ, ॡ	ग, ज, ड, द, ब	ल, ळ	पृथ्वी
४. ए, ऐ	घ, झ, ढ, ध, भ	व, श	जल
५. ओ, औ, अं, अः	ङ, ञ, ण, न, म	ह, क्ष	आकाश

✦ उक्त **'इक्यावन'** ध्वनि-तरङ्गों का अन्वेषण कर भारतीय महा-वैज्ञानिकों ने इन्हीं **५१ रूपों** के विभिन्न **समासम-मिश्रणों** के द्वारा **'पञ्च-मूल-तत्त्वों'** में कम्पन उत्पन्न करनेवाली मानव-सृष्टि से सम्बद्ध **'मन्त्र'-स्वरूपा 'तैंतीस करोड़'** ध्वनि-शक्तियों का **प्रत्यक्षीकरण** ही नहीं किया, वरन् मानव मात्र को **अनन्त ब्रह्माण्डों के सृजन,** पालन एवं संहार करनेवाली महा-शक्तियों को प्रत्यक्ष साक्षात्कार करने हेतु सक्षम भी बनाया।

वैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती, परा ध्वनियों का रहस्य

✦ **आधुनिक पदार्थ-विज्ञान** ने आज **'ध्वनि'** के जिन रूपों को प्रत्यक्ष करने के प्रयास में सफलता प्राप्त की है, वे **'ध्वनि'** के **स्थूल-तम रूप** हैं। उनके द्वारा प्राप्त सफलता भी अत्यन्त ही **स्थूल क्रिया-कलाप** हैं। अपनी स्थूलता के कारण यह सफलता सर्वदा निश्चित न रहकर, सन्दिग्ध ही रहती है। फिर किसी कार्य-विशेष के निमित्त **'ध्वनि-तरङ्गों'** के उत्पादन की उनकी विधि भी इतनी जटिल, अगम्य और अव्यावहारिक है कि उपकरणों के अभाव में प्रत्येक क्षेत्र एवं अवस्था में उसका प्रयोग ही नहीं किया जा सकता। इसके विपरीत **भारतीय तत्त्व-वेत्ता महा-वैज्ञानिकों** ने **'ध्वनि-तरङ्गों'** के उत्पादन एवं उन्हें किसी **सृजन, पालन** किंवा **संहार** के कार्य के निमित्त प्रेरित करने की इतनी सरल, सुबोध एवं व्यावहारिक विधियों का आविष्कार किया है कि केवल **'श्रद्धा'** और **'विश्वास'** का सम्बल ग्रहण कर निर्बल-से-निर्बल व्यक्ति भी अपने लक्ष्य को सरलता से प्राप्त कर सकता है।

✦ हमारी **कर्ण-गोचर 'ध्वनि'-स्थूल-तम 'ध्वनि-तरङ्गों'** का परिणाम है। हमारे कान जिन **'ध्वनि-तरङ्गों'** को ग्रहण कर सकते हैं, वे इतनी स्थूल हैं कि उनमें **सृजक, पालक** एवं **संहारक शक्ति** अत्यन्त ही हीन अवस्था में है। इसी **कर्ण-ग्राह्य स्थूल-तम 'ध्वनि'** को भारतीय महा-वैज्ञानिकों ने **'वैखरी'** नाम प्रदान किया है। इन **'ध्वनि-तरङ्गों'** से सहस्र गुणा अधिक सूक्ष्म जो **'ध्वनि-तरङ्गें'** हैं, उन्हें उन्होंने **'मध्यमा'** नाम दिया है। **'मध्यमा'** की लहरें आधुनिक भाषा में कथित **'ईथर'-तत्त्व** में रहती हैं।

- भारतीय महा-वैज्ञानिक इससे भी आगे बढ़े। उन्होंने देखा–इन '**मध्यमा**' '**ध्वनि-तरङ्गों**' से लक्ष-गुणा अधिक '**ध्वनि-तरङ्गें**'–सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का सञ्चालन करती हैं। इन '**तरङ्गों**' को उन्होंने '**पश्यन्ती**' नाम दिया। लगन-शील अन्वेषक अपने अन्वेषण को करते हुए आगे बढ़े एवं '**ध्वनि**' के उस परम सूक्ष्म मूल रूप को उन्होंने दृष्टि-गत किया, जो '**पश्यन्ती**' से अनन्त गुणा सूक्ष्म था एवं जिसके परे फिर कुछ नहीं था। '**ध्वनि**' के इस आदि कारण-रूप को उन्होंने '**परा**' नाम दिया।
- '**परा**'-ध्वनि ही सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में कल्पनातीत सूक्ष्मता में व्याप्त है और सम्पूर्ण अनन्त ब्रह्माण्डों की सृजक, पालक एवं संहारक शक्तियों की आदि-स्रोत है। सम्पूर्ण विश्व की सञ्चालिका शक्ति होने के नाते यह हमारे अपने शरीरों में भी उसी प्रकार विद्यमान है। थोड़ी तन्मयता, थोड़े अभ्यास एवं अटल निष्ठा के बल से हम उसे प्रत्यक्ष ही नहीं कर सकते, वरन तद्-रूप होकर चिदानन्द का उपभोग कर सकते हैं।

कुण्डलिनी-योग अर्थात् 'परा'-ध्वनि की अनुभूति

- '**परा**'-**वाणी** की अनुभूति से सम्बन्धित साधना–'**कुण्डलिनी-योग**' के नाम से पुकारी जाती है। वस्तुतः **कुण्डलिनी-जागरण** से ही विश्व के विभिन्न धर्मों में कथित लक्ष्य की प्राप्ति होती है। '**गीता**' का स्थित-प्रज्ञ, '**बौद्ध-धर्म**' का सम्बुद्ध या जीवन-मुक्त, '**पुराणों**' का परम-हंस, '**मुस्लिम-धर्म**' का औलिया, या '**ईसाई-धर्म**' का लिविङ्ग, ख्रीष्ट–कोई भी इस महा-शक्ति के जागरण के बिना नहीं बन सकता। ये सब अवस्थाएँ मात्र '**कुण्डलिनी-जागरण**' की अवस्था के ही भिन्न पर्याय मात्र हैं। '**परा**' महा-शक्ति से सम्बद्ध होकर प्राणी वस्तुतः कृत-कृत्य हो जाता है।
- अव्यक्त '**परा-ध्वनि**'-स्वरूपा महा-शक्ति का उद्बोधन साधन-क्रम की विभिन्नता से मुख्यतः दस रूपों में होता है। ये ही दश-रूप–'**शाक्त-धर्म**' में '**दश महा-विद्याओं**' के नाम से अभिव्यक्त हैं। ये '**दश महा-विद्याएँ**' उसी अव्यक्त परमात्म परम सूक्ष्म '**ध्वनि-रूपा परा-कुण्डलिनी**' के ही विशेष-रूप हैं।
- अव्यक्त '**परा-ध्वनि**' से सम्बद्ध होना तो चरम लक्ष्य है ही, किन्तु '**पश्यन्ती**' एवं '**मध्यमा**' ही नहीं, '**वैखरी**' में भी अनेक ऐसी '**ध्वनि-तरङ्गों**' का आविष्कार भारतीय ऋषि कर गए हैं, जिनका सम्यक् विधि-विधान से प्रयोग करने पर मनुष्य अत्यल्प-काल में अति-मानवीय शक्ति से सम्पन्न होकर आत्म-कल्याण एवं लोक-कल्याण कर सकता है। श्री दुर्गा-सप्तशती, रुद्राष्टाध्यायी, पुरुष-सूक्त, देवी-सूक्त एवं विभिन्न वैदिक सूक्त इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, जो आज भी '**वैखरी-ध्वनि**' में ही अपनी विशिष्ट विधियों के साथ उच्चारित होकर अति-मानवीय कार्य सम्पादन करते रहते हैं।

'मन्त्र-शास्त्र' का वर्णन

✦ **'मन्त्र-शास्त्र'**–समस्त शास्त्रों का सार है। मन्त्र-शास्त्र के अनुसार '**शक्ति**' के दो रूप हैं–१. **निराकार**, २. **साकार**। निराकार-रूप में '**शक्ति**'–**चित्-स्वामिनी** कही जाती है, जो चराचर में व्याप्त है। **देव**, **दानव**, **मानव** आदि सब उस '**शक्ति**' की ही कृतियाँ हैं। उसका पूर्ण स्वरूप **कोटि-कोटि सूर्य**, **चन्द्र** के तेज के समान ज्योतिर्मय एक '**विन्दु**' है। '**शक्ति**' का तेज–'**आत्मा**' के रूप में मानव शरीर में विद्यमान है। वास्तव में '**आत्मा**'–'**परमात्मा की चैतन्य शक्ति**' का सूक्ष्म निराकार **रूप है**, जिसे **वेदान्ती** प्रथमावस्था में '**द्रष्टा**' कहते हैं। '**निराकार**' अपनी स्वतन्त्रता के आनन्द में मग्न होकर स्वेच्छा से अपने को उत्तरोत्तर विकसित करता हुआ, **निज विलासानन्द की अनुभूति** के लिए सर्वथा '**कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुम् समर्थः**' होने के कारण स्वयं ही '**साकार-स्वरूप**' धारण कर लेता है। यथार्थ में '**साकार**' एवं '**निराकार**'–सर्व-समर्थ परमात्मा की चैतन्य शक्ति का विलास-मात्र ही है।

✦ '**निराकार**' को '**सूक्ष्म**' एवं '**साकार**' को स्थूल, '**निराकार**' को '**बिन्दु**' तथा '**साकार**' को '**विमर्श**' '**निराकार**' को **नित्य** और '**साकार**' को **अनित्य** आदि विशेषण '**शब्द-ब्रह्म-शक्ति**' का प्रतिपादन करते हैं, परन्तु जब कोई साधक '**परा-वाणी**' में प्रवेश कर देखता है, तो अपने को **अवाच्य**, **अचिन्त्य**, **अवाङ्-मनस्** -**गोचर** कह कर मौन हो जाता है। तब वह **शक्ति** मन्द मुसकराती हुई अपना कुछ-कुछ परिचय '**शब्द-ब्रह्म**' को देती है, जिसके एक विन्दु के केवल आभास-मात्र से '**शब्द-ब्रह्म**' अनन्त-अनन्त कहकर नाचता हुआ **महा-भाव** को प्राप्त होकर निस्तब्ध हो जाता है

✦ **मूल तत्त्व**–**अजा** '**आद्या-शक्ति**' है। वह **अनन्त** और **अव्यक्त** है। '**शाक्तागम**' से लेकर '**वैष्णवागम**' एवं '**वैखानस आगम**' तक सम्पूर्ण **आगम**-साहित्य में उसी **अव्यक्त** को प्रकट करने की चेष्टा की गई है। '**आगम**' का विशेष महत्त्व इसी में है। उस **अज्ञेय** एवं **अव्यक्त** '**शक्ति**' के प्रत्येक विकास में एक ही **परम तत्त्व** का **स्वतः आगम** होता रहता है। इसी हेतु इसे '**आगम**' भी कहते हैं। इस **परम-तत्त्व** को '**शिव-ईश्वर**' कहते हैं।

✦ उदाहरण-रूप में आदि-लीला में **ब्रह्मा जी**, तप के प्रभाव से जैसी सृष्टि चाहते थे, वैसी कर लेते थे, परन्तु उसकी अभिवृद्धि नहीं होती थी। अतः '**शक्ति**' ने **विमर्श** एवं **स्फूर्ति** का रूप धारण किया तथा **शिव** ने **प्रकाश**-रूप में उसमें प्रवेश किया। परिणाम-स्वरूप '**विन्दु**' का प्रादुर्भाव हुआ। इसी प्रकार '**स्त्री-शक्ति**' ने '**पुरुष-शिव**' में प्रवेश किया, जिससे वह '**विन्दु**' समुन्नत हुआ तथा इस संयोग से '**नाद**'-तत्त्व की उत्पत्ति हुई। ये दोनों '**नाद**' एवं '**विन्दु**'–दूध और पानी के समान ऐसे मिले कि एक रूप हो गए तथा '**संयुक्त विन्दु**'–'**अर्द्ध-नारीश्वर**' नाम से प्रसिद्ध हुआ। यह तत्त्व **पुरुषत्व** एवं **स्त्रीत्व**–उभय के बीच अत्यन्त आसक्ति को प्रकट करता है। इसी अभिप्राय से इसे '**काम**' कहते हैं।

पुनः दो '**विन्दु**' जिनमें से एक '**श्वेत**'-वर्ण का है, जो **पुरुषत्व** का बोधक है और दूसरा '**रक्त**'-वर्ण का है, जो **स्त्रीत्व** का परिचायक है। इन दोनों से '**कला**' की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार तीनों विन्दु–१. संयुक्त

विन्दु '**काम**', २. श्वेत-विन्दु और ३. रक्त-विन्दु-'**कला**' मिलकर '**काम-कला**' में परिणत हुए। '**काम-कला**' को लेकर चार शक्तियों का एकत्री-करण हुआ। '**मूल-विन्दु**' वह विशेष तत्त्व है, जिससे जगत् की रचना हुई, दूसरा '**नाद**' है-जिसके ऊपर '**विन्दु**' की क्रमोन्नति के परिणाम से उत्पन्न द्रव्यों का नामकरण अवलम्बित है। इन दोनों में परस्पर अत्यन्त आसक्ति है, परन्तु वह आसक्ति सृष्टि-विस्तार-हीन है क्योंकि ये दोनों '**ऋत्**' एवं '**वाङ्**'-**मय** हैं। तीसरा **श्वेत**-वर्ण '**पुं**'-विन्दु स्वतः उत्पत्ति करने में असमर्थ है, वह चौथे रक्त-वर्ण '**स्त्री**'-विन्दु से संयोजित होता है। जब ये चारों तत्त्व मिलकर '**काम-कला**' में प्रवृत्त हुए, तब **सम्पूर्ण शाब्दिक एवं वास्तविक सृष्टि** उत्पन्न हुई।

किसी-किसी आगम में **सर्व-श्रेष्ठ देवी** '**काम-कला**' के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि '**सूर्य**'-संयुक्त '**विन्दु**' ही उसका वदन है, '**अग्नि**' एवं '**चन्द्रमा**'-'**रक्त**' और '**श्वेत**' विन्दु ही उसके वक्ष-स्थल हैं तथा '**अर्द्ध-कला**'-जननेन्द्रिय है। इस विचार-सरणि से '**गर्भ**' की स्थिति सु-स्पष्ट होती है, जिससे **सृष्टि का विकास** होता है।

- **सृष्टि-विधायिनी** एक-मात्र महा-महिमावती '**शक्ति**' ही है। संस्कृत का प्रथम अक्षर '**अ**'-**शिव का प्रतीक** है तथा अन्तिम अक्षर '**ह**'-**शक्ति** का। इसी '**ह**' को **अर्द्ध-भाग** कहते हैं। इसी से यह **स्त्री-तत्त्व** है, गर्भाशय है, अर्थात् '**ह**' और **शिव-स्वरूप** '**अ**' का सम्मिलन ही '**काम-कला**' का स्वतः विकास है। प्रथम अक्षर '**अ**' और अन्तिम अक्षर '**ह**', बीच के सम्पूर्ण अक्षरों को अपने में समावेशित किए हुए हैं तथा उनके द्वारा बने हुए सम्पूर्ण शब्दों को भी। इसी से '**वाङ्-मय**' को भी उस '**महा-शक्ति**' का स्वरूप कहा गया है। उसी का स्वरूप '**परा**' है अर्थात् **वाणी चार प्रकार की है-१. परा, २. पश्यन्ती, ३. मध्यमा और ४. वैखरी।**
- **परादि वाणी** से '**ईक्षणा**' होती है। '**ईक्षणा**' से '**अहं**' का '**प्रकाश**' होता है। उसके साथ ही '**अस्मिन्**' का '**विमर्श**' होता है, जो स्वतः ही हो जाता है। '**ईक्षण**' के द्वारा आविर्भूत होने के कारण उक्त '**प्रकाश**' तथा '**विमर्श**'-दोनों ही '**शक्ति**' के ही प्रसार हैं। '**शक्ति**' का यह स्वरूप निषेध-व्यवहार-रूप है क्योंकि इस अवस्था में **निष्कल ब्रह्म-सकल** बन जाता है। '**शक्ति**' और '**शिव**' की यह संश्लिष्ट अवस्था ही **सृष्टि-रचना का कारण-भूत** है।
- '**ईक्षण**' के पश्चात् **निष्क्रिय ब्रह्म के सक्रिय अवस्था** में आने के लिए '**शक्ति**' और '**शिव**' का संयोग होता है। उनका पारस्परिक सम्बन्ध ही '**नाद**' कहलाता है। '**शिव**' और '**शक्ति**' की उस अवस्था में इनका निर्वचन हो सकता है। जिसके परे कुछ भी नहीं है, वह अपनी इच्छा से **अखिल विश्व की सृष्टि** करने के लिए स्पन्दित होता है। उसका **प्रथम** '**स्पन्द**'-ज्ञानी पुरुषों के द्वारा '**शिव-तत्त्व**' कहा जाता है अर्थात् '**अ**' अक्षर कहलाता है। वह शुद्ध '**ईक्षा-रूपी**' शक्ति जो, शिव के साथ रहती है, अपने भीतर लीन चराचर विश्व का बीज-रूप है।

✦ '**शिव**' और '**शक्ति**' को **सांख्य-शास्त्र** की परिभाषा में '**पुरुष**' और '**प्रकृति**' कहते हैं और इनसे संयुक्त '**नाद**' को '**सदाख्य तत्त्व**'। '**ईक्षण**' में जब '**अहं**' का प्रकाश होता है, तब '**शिव**' निष्क्रिय रहता है तथा '**शक्ति**' सक्रिय। इनका जो '**मिथः-समवाय**' होता है, वही '**नाद**'-तत्त्व है। इस '**मिथः-समवाय**' को **तन्त्र** की भाषा में '**महा-काल**' और '**महा-काली**' की विपरीत '**रति**' कहा गया है। इसी को '**शिव-शक्ति-समागम**' भी कहते हैं।

✦ '**अहम्**'-प्रकाश में शिव का तथा '**अस्मिन्**'-विमर्श में **शक्ति** का तादात्म्य-सम्बन्ध होता है। सक्रिय शक्ति एवं क्रिया-शक्ति के साथ जो '**नाद**' उत्पन्न होता है, उसे '**अव्यक्त**' कहते हैं। उसी को '**अजपा**' कहते हैं। इसी के द्वारा सहज प्रापञ्चिक संसरण से **शक्ति** के प्रभाव को मोड़कर उससे अखण्ड उद्गम-स्थान **निष्कल ब्रह्म** की ओर ले जाना पड़ता है।

✦ '**हं**'-**शिव पुरुष-तत्त्व** है और '**स**'-**शक्ति-तत्त्व**। इन दोनों को उल्टा करने से '**सोऽहं**' बन जाता है, जो प्रपञ्च से **परा-वाक्य** तथा **पर-ब्रह्म** की ओर ले जाता है। यही '**सोहम्**'-साधना-'**अजपा**' है। प्रवाह को विपरीत दिशा में ले जाना ही '**सोऽहं**'-साधना के श्रम-साध्य होने का कारण है। इस क्रिया में जब द्रष्टा-दृश्य-'**शिव-शक्ति**' तथा '**अहं-इदम्**' का एकीकरण हो जाता है, तब साधक को '**नाद**' की अनुभूति होती है। **शक्ति** से जो अभिन्न रहती है, वह '**उन्मना-शक्ति**' कहलाती है तथा जो **शिव** के साथ रहती है, उसे '**समना-शक्ति**' कहते हैं।

✦ आकर्षणात्मक '**हं**' और विकर्षणात्मक '**स**'-इन दो अक्षरों के सहयोग से '**हंस**'-शब्द की उत्पत्ति होती है। उसे ही **हंस-मन्त्र, सोऽहं-मन्त्र, अजपा-मन्त्र, अजपा-गायत्री, आत्म-मन्त्र, अनाहद-मन्त्र, पुं-प्रकृति-मन्त्र, ब्रह्म-मन्त्र, जीव-मन्त्र, प्राण-मन्त्र, विद्या-मन्त्र, दिन-नित्या** आदि नामों से कहा गया है। समस्त भावों के मनन का द्वार और सम्पूर्ण संसार का प्राण होने के कारण यह मन्त्र **त्राण-रूपिणी शक्ति** का कार्य करता है।

मननात् सर्व-भावानां, त्राणात् संसार-सागरात् । मन्त्र-रूपा च तच्छक्तिः, मनन-त्राण-रूपिणी।।

✦ '**हं**' और '**स**' को उलट देंने से '**सोऽहं**' बन जाता है। '**सोऽहं**' से '**स**' और '**ह**' को अपहरित कर लेने पर केवल प्रणव '**ॐ**' बच जाता है। वर्तमान युग में **प्रणव** के **स्वरूप** को बहुत कम लोग जानते हैं। अधिकतर लोग तो **ॐ-कार** के उच्चारण को या मन-ही-मन में जप करने को '**प्रणव**' का साधन समझते हैं, परन्तु उपनिषदों के कथनानुसार '**ॐ-कार**' **का उच्चारण** नहीं किया जा सकता क्योंकि वह स्वर या व्यञ्जन नहीं है तथा वह कण्ठ, ओष्ठ, नासिका, जिह्वा, दन्त-मूर्द्धादि के योग से या उनके घात-परिघात से उच्चरित नहीं होता है।

अघोषमव्यञ्जनमस्वरं च, अकण्ठ-ताल्वोष्ठमनासिकञ्च।
अरेफ-जातो पयोष्ठ-वर्जितं, यदक्षरो न क्षरते कदाचित् ।।

- **प्रणव से सभी स्वर और व्यञ्जनों की उत्पत्ति** होती है। **नाद-मन्त्र-विद्या, साहित्य** तथा **सङ्गीत** की उत्पत्ति **नाद** से ही होती है। जब कोई वस्तु हिलती है, उससे तथा किसी अकृत-नाद, अव्यक्त कम्पन-समूह को '**नाद**' तथा '**शब्द**' कहते हैं। कान से सुनाई देनेवाले नाद को '**श्रव्य**' कहते हैं। जीव-तन्तु की अव्यक्त ध्वनियाँ कम्पन-शब्द से बनती हैं तथा जड़-जन्य में उत्पन्न होनेवाले अव्यक्त कम्पन को '**ध्वनि**' कहते हैं। अचूक रीति से श्रव्य कम्पन का आकलन करना '**श्रुति**' कहलाता है–'**श्रूयते इति श्रुतिः।**' कान जिन ध्वनियों को सुन सकें–स्पष्ट रूप से ग्रहण कर सकें, जिनके स्पष्ट उच्चारण पृथक् रूप से ज्ञात हो सकें, ऐसी अव्यक्त ध्वनियों को ही '**श्रुति**' कहते हैं।
- नाद के योग से **स्वर-व्यञ्जन अक्षरों का उच्चारण** होता है। **स्वर-व्यञ्जन** के सहयोग से **शब्द** बनता है। **शब्द-समूह** से '**वाच्**' अर्थात् **भाषा** बनती है। **भाषा** से ही **जगत् का व्यवहार** चलता है। इसलिए यह सम्पूर्ण जगत् ही **नाद-ध्वनि** है। **वाक्य** भाषा का भाग है। वाक्यों को नियमित रूप से अर्थ-सहित रखना '**वाङ्-मय**' है, चतुराई से बना हुआ भाव **भावना-मय** है। **वाङ्-मय** या '**साहित्य-सङ्गीत**'–**अव्यक्त** नाद के समूह से ही बनता है।
- '**नाद**' दो प्रकार के होते हैं–**१. आहत, २. अनाहत।** '**अनाहत नाद**'–**सङ्कट-मोचक** तथा **मुक्ति-दायक** होता है, परन्तु वह मनोरञ्जन नहीं करता। इसी नाद से '**मन्त्र-विद्या**' का निर्माण हुआ है। '**मन्त्र-विद्या**' को सिद्ध करने के लिए **सद्-गुरु** द्वारा बताए हुए '**अनाहत नाद**' के अनुसार ही चलना पड़ता है।
- **सच्चिदानन्द-घन-विभव** अर्थात् '**सकल परमेश्वर**' से '**शक्ति**' उत्पन्न हुई। '**शक्ति**' से '**नाद**', '**नाद**' से '**विन्दु**' की उत्पत्ति हुई, परन्तु यह **विन्दु** क्या वस्तु है? **गणित-शास्त्र** में '**विन्दु**' की परिभाषा है–जिसका कोई परिमाण न हो, परन्तु स्थान नियत हो। **तन्त्र-शास्त्र** का **विन्दु-तत्त्व** विलक्षण ही है। उसके अनुसार '**विन्दु**'–**शक्ति की एक विशेष अवस्था** है, जहाँ से इसका '**सृष्टि-क्रम**' प्रारम्भ होता है। **विन्दु** से क्रमशः **कार्य-विन्दु**, उससे नाद, नाद से **बीज**–ये तीन रूप होते हैं।
- **महा-विन्दु** ही **शव-रूपी सदा-शिव** है। उसके ऊपर **चित्-कला** अथवा **चिच्छक्ति स्वतन्त्र** होकर खेलती है। यह खेल **परा-वाक्य** अथवा **परा-मात्रा का विलास** है। **शुक्ल** तथा **रक्त-विन्दु**-रूपी **प्रकाश-विमर्शात्मक** '**काम-कला**' अक्षर के परस्पर सङ्घट्ट से '**चित् -कला**' की अभिव्यक्ति होती है, जो **पूर्णहन्ता** अथवा **परा-वाक्य-विभाव**-दशा में ही '**पश्यन्ती**' आदि तीन रूप धारण करती है। प्रत्येक रूप में **स्थूल, सूक्ष्म** तथा **पर**-भेद से तीन अवस्थाएँ हैं। **परम-तत्त्व**–**नीरस प्रकाश-स्वरूप** है। फिर भी तीन शक्तियों के भेद के कारण उसके तीन विभाग हैं–**१. परा** तथा **अनुत्तर-रूपा**, जिसका नाम है–'**चिच्छक्ति**'। **२. परा-अपरा**, जिसे '**इच्छा-शक्ति**' कहते हैं। **३. अपरा**, जो **उन्मेष-रूपा** '**ज्ञान-शक्ति**' है।

✦ निराकार तेज के 'विन्दु' से 'मातृका' की उत्पत्ति होती है। 'मातृका' में 'स्वर' और 'व्यञ्जन' सब मिलाकर ५१ हैं। ये **मातृकाएँ–सूर्य, चन्द्र एवं अग्नि की रश्मियों** में व्याप्त हैं और आकाश के वातावरण को पार करती हुई पृथ्वी पर गिरकर अनेक कौतूहल उत्पन्न करती हैं। ये शरीर के प्रत्येक भाग में व्याप्त हैं।

✦ मानव के प्रत्येक अङ्ग का रोम-रोम एक-एक ब्रह्माण्ड माना गया है, जिसकी पृथक्-पृथक् **मातृकाएँ** हैं। इनके ही साक्षात्कार को **स्वयं का जानना** कहते हैं। ग्रन्थों में वर्णित देवता तथा उनके **लोक**–सभी मानव-शरीर में उपस्थित हैं। उन्हें जानना **अपनी आत्मा का साक्षात्कार** कर उसका सम्बन्ध बाह्य प्रकाश से कर देना–सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना ही **मनुष्य का ध्येय** है।

✦ **सृष्टि, स्थिति,** संहार आदि अनेक क्रम ही इस **विराट् विश्व** की रचना के मूल कारण हैं। इसी से **मातृकाओं** द्वारा **सृष्टि, स्थिति** और **संहार-न्यासों** का अनिवार्य विधान साधना में निर्दिष्ट है। **मातृका-स्फोट ही विश्व के स्फोट** हैं। **मातृका-विद्या** ही **परा-विद्या** है। **मातृका-ज्ञान** ही **महा-विज्ञान** है, जिसे **मन्त्र-शास्त्र** के द्वारा ही जाना जा सकता है। '**मातृका**' तीन प्रकार की होती है। यथा–

१. **साङ्केतिक मातृका :** पशु-पक्षी, वृक्षादि की भाषा तथा मनुष्यों की चेष्टा तथा इङ्गित (सङ्केत) की भाषाएँ। प्रत्येक प्राणी के द्वारा तथा विविध प्रकार के वृक्षों के सङ्घर्षण से पृथक्-पृथक् ध्वनि होती है। इन ध्वनियों के अलग-अलग नाम सङ्गीत के स्वरों में बताए गए हैं।

२. **लिपि मातृका :** प्रत्येक देश-देशान्तर की भाषाएँ एवं अन्य विविध भाषाएँ।

३. **मन्त्र-शास्त्र-सम्बन्धित मातृका :** प्रत्येक देवी-देवता को प्रतिभासित करनेवाली।

✦ **मन्त्र-शास्त्र की मातृकाएँ** अपने पूर्वोक्त उद्गम से निकलकर सूक्ष्म-स्वरूप में आकाश से ईथर में होकर भू-मण्डल एवं पाताल में व्याप्त हैं। यह पृथ्वी चार भागों में विभक्त है– **१. रत्न-गर्भा, २. अन्नौषधि-गर्भा, ३. जीव-गर्भा और ४. ऊसर।** अपने गुणों एवं प्रकृति के अनुसार ही ये भाग जो गर्भ धारण करते हैं, उनमें बहुत कुछ विविधता उत्पन्न होती है। यथा– **कदली सुक्ती साँप-मुख, एक बूँद गुण तीन।**

उदाहरण के लिए केवल **सूर्य** में से प्रकाशित **सूर्य की रश्मि**–पृथ्वी में **माणिक** का गर्भाधान करती है। **सूर्य** की वही **रश्मि**–चन्द्रमा के साथ होने से **मोती** का गर्भाधान करती है। कारण यह है कि **सूर्य-रक्त-वर्ण** है और **चन्द्रमा-श्वेत-वर्ण**। दोनों के सामञ्जस्य से **सूर्य-रश्मि** दो प्रभाववाली हो गई, जिससे दो विशेषताएँ **मोती** में हो गईं–एक **श्वेत रङ्ग**, दूसरा प्रकाश; एक **चन्द्र-गुण** दूसरा **सूर्य-गुण**। इसी प्रकार **मङ्गल** के साथ होने से **मूँगा**, **बुध** के साथ होने से **पन्ना**, **गुरु (बृहस्पति)** के साथ होने से **पुखराज**, **शुक्र** के साथ से **हीरा** और **शनि** के साथ से **नीलम** आदि।

उक्त रश्मियाँ **ग्रह, नक्षत्र, योग, करण, पञ्च-भूत, तन्मात्रा, त्रिगुण** एवं **स्वभाव** आदि के साथ नई-नई वस्तुओं का सृजन करती हुई तथा परस्पर सम्बन्ध स्थिर करती हुई **दस प्रकार की सृष्टि, चार प्रकार**

के जीव (अण्डज, स्वेदज, उद्भिज, जरायुज) तथा सर्व-सृष्टि के जड़-चैतन्य-विभाग आदि का निर्माण तथा सृजन स्वाभाविकता से करती रहती हैं। यह सब मातृका का नैसर्गिक विलास है, जो स्वेच्छा से ही हो रहा है। इस विलास के तारतम्य को '**विश्व-प्रकाश**' कहते हैं-

या सा तु मातृका देवी, पर-तेज-समन्विता। तया व्याप्तमिदं विश्वं, स-ब्रह्म-भुवनान्तकम् ।।

- जैसे एक वट-वृक्ष के छोटे-से बीज में बरगद का बहुत विशाल वृक्ष अन्तर्निहित रहता है, वैसे ही मातृकाएँ भी ब्रह्मा से कीट-पर्यन्त स्थावर, जङ्गम, अणु, परमाणु आदि सबमें ओत-प्रोत हैं। जिसने जितने अंश में उनका स्फोट कर लिया-साक्षात्कार कर लिया, उसने उतने ही अंशों में सफलता प्राप्त कर ली। **ब्रह्माण्ड-सृजन** के उद्गम का कारण यही है। इसे ही '**अहं**' और '**इदं**' कहा जाता है।
- '**मातृका-विज्ञान**'-समस्त शास्त्रों को अपने ज्ञान से प्रकाशित करता है। **शब्द-शास्त्र** (व्याकरण), ज्योतिष, योग आदि दर्शन की विविध प्रक्रियाएँ इसकी मुख्य मार्ग-प्रदर्शिका हैं। इन सबमें '**मन्त्र-शास्त्र**' विशेष उपादेय है, जिसका एक-मात्र प्रतिपाद्य विषय '**मातृका**' ही है। '**मातृका-स्फोट**' ही विज्ञान है, जिसका साधन '**मन्त्र-साधना**' द्वारा ही किया जा सकता है। '**मन्त्र-शास्त्र**' में वर्णित '**मातृका**' अनेक प्रकार की है- **१. भूत-लिपि, २. मालिनी, ३. पञ्च-भूत, ४. मधु-मति** और **५. अङ्ग-मातृका** आदि। 'भूत-लिपि' आदि मातृकाओं के भी अनेक भेद हैं, जिनकी संख्याएँ हैं- **भूत-लिपि ४२, मालिनी ४९, पञ्च-भूत ५०, मधु-मती २०४, अङ्ग-मातृका २५५** तथा **मुख्य मातृका ५१।**
- जिस प्रकार आयुर्वेद में **वात, पित्त** और **कफ**-ये तीन प्रधान विषय हैं, उसी प्रकार **मातृकाओं** में भी **सत्, रज** और **तम** तीनों गुण हैं। ये तीनों गुण **सूर्य, चन्द्र** और **अग्नि** के रूप में हैं, जो जगत् को प्रतिभासित करते हैं। इन तीनों का विस्फोट होते-होते इसके ६३ भेद हो जाते हैं। **आयुर्वेद** में **६ रस** हैं, जिनका स्फोट होते-होते ६२ भेद हो जाते हैं। केवल '**वात**', '**पित्त**', तथा '**कफ**' के वैचित्र्य या वैलक्षण्य का प्रतिपादन करते-करते एक शास्त्र तैयार हो गया, जिसे '**आयुर्वेद**' कहते हैं। **नौ ग्रह, द्वादश राशि, २७ नक्षत्रों** के प्रतिपादन एवं प्रसार में '**ज्योतिष-शास्त्र**' बन गया, जिसके ४ लाख ग्रन्थ हैं। इसी प्रकार **५१ मातृकाओं** के विषय का स्फोट करते-करते एक बहुत बड़ा '**मन्त्र-शास्त्र**' निर्मित हो गया।
- '**मातृका-स्फोट**' से **दैवत्व** और **दैवत्व** से **पूज्यत्व** प्राप्त होता है। पूज्यत्व में अपनी **मातृकाओं** का स्फोट करके देवता के **अङ्ग-उपाङ्गों** में **अवस्थित देव-मातृकाओं** का **पूजन** किया जाता है। अपनी स्फोट की हुई **देव-मातृकाओं** में **मानवीय मातृकाओं** का समावेश किया जाता है। उनके **स्वरूप, नाम, आयुध** और **वाहन**-सब पृथक्-पृथक् होते हैं। उन सबकी पूजा की जाती है। एक ही देव अपनी शक्ति से अनेक हो जाता है। उस समय उसका **स्वरूप, नाम, मातृका, वाहन** आदि पृथक्-पृथक् हो जाते हैं। साधक वाञ्छित स्वरूप से तादात्म्य करने के लिए तत्सम्बन्धी **नाम-रूप आयुध** का ही ध्यान करता है।

मन्त्र-सिद्धि के लक्षण

- '**मन्त्र-सिद्धि**' हुई या नहीं, इसके प्रति थोड़ा ध्यान देने से साधक स्वयं समझ सकता है। अकल्पित रूप से मन-चाहे कामों का होना, दुर्घटना से बाल-बाल बच जाना, जिसे देखना चाहे-वह अचानक आ पहुँचे अर्थात् आशातीत बातों का होना '**मन्त्र-सिद्धि**' के ही लक्षण हैं। इसी प्रकार विपरीत बातों के होने से यह समझना चाहिए कि '**मन्त्र-साधना**' में कोई त्रुटि है।
- बाह्य घटनाओं के अतिरिक्त साधक यदि ध्यान दे, तो वह अपनी बुद्धि एवं अन्य ज्ञानेन्द्रियों से भी सूक्ष्म लक्षणों द्वारा अपनी '**मन्त्र-सिद्धि**' को अनुभव कर सकता है। इसके लिए उसे तीव्र भावना से देखने और सुनने की चेष्टा करनी चाहिए। थोड़े ही दिनों में अपने शरीर के भीतर होनेवाली प्रतिक्रियाएँ अनुभव में आने लगेंगी। '**सुषुम्ना**' में एक प्रकार का **तेज प्रकाश** हो जाएगा, **षट्-चक्र** दिखाई देने लगेंगे। यदि लगन से सारे विचारों को मन से निकाल कर एक चित्त से देखने की चेष्टा की जाए, तो अधिक समय नहीं लगता। पहिले '**सुषुम्ना**' में तारे-से छिटके दिखाई देते हैं। शरीर के भीतर कई स्थानों में तारे (प्रकाश के छींटे-से) दृष्टि-गत होने लगते हैं। चित्त में अपने आप उत्साह और उल्लास भर जाता है।

उक्त लक्षण तो **जाग्रत अवस्था** के हैं। इसी प्रकार रात्रि में सोते हुए भी साधक को सिद्धि की ओर सङ्केत करनेवाले **स्वप्न** आते हैं। ध्यान रहे! इन **स्वप्नों** को या जगते हुए अनोखी बातें यदि हों या दिखाई दें या सुनाई पड़ें अथवा अनुभव में आएँ, तो उन्हें भूल कर भी **गुरुदेव** के सिवा अन्य किसी से न कहना चाहिए, अन्यथा सिद्धि में रोड़ा अटक जाता है और साधना वहीं-की-वहीं रह जाती है।

अन्त में यहाँ कुछ **स्वप्नों** का उल्लेख किया जाता है, जो सिद्धि प्राप्त होने से पहले प्रायः दिखाई देते हैं-

१. स्वप्न में **इष्ट-देव** के दर्शन होना। २. प्रसन्न मुद्रा में **श्री गुरु-देव** का दर्शन होना। ३. **गुरु-देव** को कुछ आदेश करते हुए देखना। ४. **गुरु-देव** या **इष्ट-देव** अथवा कोई **सौभाग्यवती स्त्री** या **कन्या** अपने को कोई फूल या फल दे। ५. साफ **पूर्णिमा का चन्द्रमा** दिखाई दे। ६. **गङ्गा जी, सूर्य** या **शिव-लिङ्ग** दिखाई दे। ७. कहीं से **पृथ्वी (जमीन, खेत)** मिले। ८. नाव में बैठ कर नदी, **तालाब** या **समुद्र** के एक किनारे से दूसरे किनारे जाए। ९. **आग** की पूजा करे।

१०. जलती हुई **आग** दीखे। ११. **हवन** होता हुआ दिखाई दे। १२. किसी लड़ाई में अपनी **विजय** होती हुई दिखाई दे। १३. **हंस, कोयल** या **मोर** दिखाई दे। १४. किसी वाहन पर बैठ कर कहीं जाए। १५. **कन्या, छत्र, रथ, दीपक, आलीशान महल, कमल, हाथी, बैल, फूलों की माला, रुद्राक्ष की माला, समुद्र, हरा पेड़, पर्वत, घोड़ा, शराब, कच्चा मांस** या **मल-मूत्र** दिखाई दे। १६. **सूर्य** उगता हुआ दिखाई दे। १७. **तारों से भरा हुआ आकाश** देखे। १८. किसी **बड़ी हवेली** में या **पर्वत** पर अथवा **पेड़** पर अपने आपको चढ़ता हुआ देखे। १९. **हाथी, घोड़े, बैल** पर सवारी करते हुए अपने आपको देखे। २०. **हवाई जहाज, मोटर, ताँगा, रिक्शा, साइकिल** आदि पर अपने आपको सवार देखे।

२१. स्वप्न में **मद्य** पिए या **कच्चा मांस** खाए। २२. अपने शरीर से मल-मूत्र चुपड़ते देखे। २३. **रक्त** से अपने आपको नहाते देखे। २४. दही और **चावल** खाए। २५. **सफेद कपड़े** पहिने या **सफेद चन्दन** अपने शरीर में लगाए। २६. स्वप्न में **सिंहासन, रथ, सवारी, ध्वजा, रत्न, गहने** देखे। २७. अपना या किसी दूसरे का **राज्याभिषेक** होता देखे। २८. स्वप्न में **गुरु, देवता, ब्राह्मण, कन्या, गाय, हाथी, घोड़ा, सिंह (शेर), दर्पण, शङ्ख, सारङ्गी, हारमोनियम, गाने-बजाने** के सामान में से कुछ देखे। २९. स्वप्न में **पक्वान्न, मिठाई** या **पान** खाए। ३०. **मोतियों की माला** या **तेज तपता हुआ सूर्य** देखे।

३१. अपने को **सफेद साँप** काट खाए। ३२. सपने में अपना **बन्धन** (बँधना) देखे। ३३. स्वप्न में रोए, दौड़े, अपने हाथ-पैर पीटे। ३४. अपने कोई पङ्खा झले या किसी के खुद पङ्खा करे। ३५. **पानी, दूध** या **शराब** से भरा **घड़ा** दीखे। ३६. **मछली, घी** या **गोरोचन** दीखे। ३७. बिना रोने-पीटने के मुर्दा दिखाई दे। ३८. किसी को **वेद-मन्त्रों** को बोलता हुआ देखे या **मङ्गल गाना-बजाना** देखे। ३९. **चाबुक** या **अंकुश** या **हथियार** दिखाई दे। ४०. **सफेद वस्त्र** पहिने, **सफेद माला** पहिने **स्त्री** अपने से मिले।

४१. स्वप्न में कोई **दही** या **घी** दे। ४२. तालाब के बीच में **नाव** पर बैठ कर या पानी में अपने आपको घी और **खीर** मिलाकर खाता देखे। ४३. **घोड़ी, गाय, हथिनी** को ब्याते हुए देखे। ४४. अपने को कोई **अग्नि** दे। ४५. **घोड़ी, भैंस, शेरनी, गाय** या **हथिनी** को दूध दुहाती देखे। ४६. **अपना सिर कटता** देखे। ४७. **अपनी मृत्यु** होते देखे। ४८. स्वप्न में **देवता** देखे। ४९. स्वप्न में **पितर, गाय, ब्राह्मण** या **राजा** देखे। ५०. अपने आपको **सोने-चाँदी के बर्तन** में भोजन करते देखे।

- '**स्वप्न**' में उक्त लक्षणों के सामने आते ही चुपचाप दूने उत्साह से साधना में लग जाना चाहिए। ऐसे अवसर पर लापरवाही करने से सब काता-कूता कपास हो जाता है। एक बात का सदा ध्यान रखे। भूलकर भी किसी '**सिद्धि**' का **अभिमान** न करे या किसी को **चमत्कार** दिखाने की बात भूलकर भी न सोचे-भले अपना कितना ही बड़ा अपमान क्यों न होता हो। '**वाक्-सिद्धि**'-**मन्त्र-साधना** में सफलता की पहिली सीढ़ी है। इसके चक्कर में पड़कर किसी को '**आशीर्वाद**' या '**शाप**' न देने लगे। नहीं तो हाथ मलकर पछताना पड़ेगा। सारांश यह है कि '**मन्त्र-सिद्धि**' के लक्षणों के अनुभव होते ही साधक को '**पूरी सावधानी**' और '**उत्साह**' के साथ लगन-पूर्वक अपनी '**साधना**' में तत्पर होना चाहिए। इसके लिए साधक को '**मौन व्रत**' या '**कम-से-कम बोलने का अभ्यास**' अति सहायक सिद्ध होता है।

मनन करने योग्य बातें

'जप' की अनेक प्रकार की विधियाँ पाई जाती हैं, जो **विश्वास, श्रद्धा, गुरु-सेवा, अन्तः-करण-शुद्धि, बहिः-शुद्धि** और **दैवी-जगत्** पर **पूर्ण निर्भर** रहने से सफल होती हैं।

❁ ❁ ❁

मन्त्र-कल्पतरु

मन्त्र-साधना के अङ्ग

पं० श्रीकान्तबिहारी मिश्र

प्रणव-जप ओंकार का जप

महन्त श्रीकिशोरदास जी

ॐ

ॐ-कार का अनुभूत जप

परम पूज्य
ॐ महाराज

मन्त्र-विद्या, सङ्गीत, साहित्य के भौतिक परिणाम

डॉ श्री वी०वी० गोरे

'मन्त्र-साधना' के अङ्ग

'मन्त्र-जप' में 'मन्त्र-साधन' के अङ्गों पर ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि अङ्गों के साथ जप करने से बहुत शीघ्र फल मिलता है। ये अङ्ग १६ हैं। यथा–

(१) भक्ति–(क) गौणी (साधन-काल की भक्ति)। (ख) परा (सिद्ध अवस्था की भक्ति)।

'गौणी' का भेद है–'वैधी', जो नवधा है। 'परा' का भेद है–'रागात्मिका'। 'नवधा' और 'रागात्मिका' का विस्तार इस प्रकार है–

वैधी (नवधा भक्ति)–१. श्रवण, २. कीर्तन, ३. स्मरण, ४. पाद-सेवन, ५. अर्चन, ६. वन्दन, ७. दास्य, ८. सख्य, ९. आत्म-निवेदन। क्रमाङ्क १ से ६ की भक्ति प्रथम अवस्था की भक्ति हैं। क्रमाङ्क ७-८-९ इन तीनों की परिसमाप्ति 'रागात्मिका' में होती है।

रागात्मिका (क) सात गौण रस–१. हास्य (गोपाल बालक), २. वीर (भीष्म पितामह) ३. करुण (दशरथ), ४. अद्‌भुत (बलि, अर्जुन, यशोदा), ५. भयानक (कंस), ६. वीभत्स (अघासुर), ७. रौद्र (इन्द्र)। (ख) सात मुख्य रस–१. दास्य (श्री हनुमान), २. सख्य (अर्जुन, उद्धव), ३. वात्सल्य (दशरथ, कौशल्या, नन्द-यशोदा), ४. कान्ता (व्रज-गोपी), ५. आत्म-निवेदन (श्रीनारद), ६. गुण-कीर्तन (श्रीव्यास), ७. तन्मया शक्ति (श्रीहरि, श्रीहर, श्रीराम-कृष्ण-देव)।

(२) शुद्धि–(क) शरीर-शुद्धि–१. मान्त्र, २. भौम, ३. आग्नेय, ४. वायव्य, ५. दिव्य, ६. वारुण्य, ७. मानस। (ख) मन-शुद्धि–दैवी सम्पत्ति के अभ्यास से। (ग) दिशा-शुद्धि–पूर्व-उत्तर-मुख बैठकर मन्त्र-जप-ध्यान करने से। (घ) स्थान-शुद्धि–गो-मय से अथवा १. पीपल, २. बरगद, ३. अशोक, ४. बिल्व, ५. आँवला के नीचे बैठकर 'मन्त्र-जप' आदि करने से।

(३) आसन–१. स्वास्तिक, २. परमासन।

(४) पञ्चाङ्ग-सेवन–१. चण्डी, गीता, २. सहस्र-नाम, ३. स्तव, ४. कवच, ५. हृदय का पाठ।

(५) आचार–१. दिव्य, २. वाम, ३. दक्षिण।

(६) धारणा–१. अन्तर्धारणा, २. बहिर्धारणा।

(७) दिव्य देश-सेवन–१. अग्नि, २. जल, ३. लिङ्ग, ४. स्थण्डिल, ५. कुण्ड, ६. पट, ७. मण्डल, ८. विशिख, ९. नित्य-यन्त्र, १०. भाव-यन्त्र, ११. पीठ, १२. विग्रह, १३. विभूति १४. नाभि, १५. हृदय, १६. मूर्धा।

(८) प्राण-क्रिया–१. प्राणायाम, २. कर-न्यास, ३. अङ्ग-न्यास, ४. मातृका-न्यास, ५. ऋष्यादि-न्यास।

(९) मुद्रा–अपने-अपने इष्ट-देव की पृथक्-पृथक् मुद्रा।

(१०) तर्पण–१. अपने इष्ट-देव का तर्पण, २. अन्य देव-देवियों का तर्पण, ३. ऋष्यादि-तर्पण, ४. पितृ-तर्पण। (११) हवन, (१२) बलि, (१३) याग-१ अन्तर्याग, २. बहिर्याग, ३. उप-याग। (१४) जप–१. वाचिक, २. उपांशु, ३. मानस। (१५) ध्यान–अपने-अपने इष्ट-देव के रूप का ध्यान। (१६) समाधि–महा-भाव।

'प्रणव-जप' अर्थात् 'ॐ-कार' का जप

✦ 'ईश्वर'-पदार्थ है। उसके शब्द-मय चिन्तन का सङ्केत 'ॐ-कार' है। ईश्वर-सम्बन्धी सभी शब्द-मय चिन्तन का सङ्केत 'ॐ' द्वारा ही शास्त्रों में किया गया है। 'ॐ' की इस मान्यता का मुख्य कारण यह है कि 'प्रणव' के जप से चित्त की स्थिरता जितनी सरलता से होती है, उतनी सहजता अन्य किसी शब्द के जप में अनुभव नहीं होती।

✦ 'ॐ' के सम्बन्ध में, 'श्रुति' का वचन है–'एतदालम्बनं श्रेष्ठमेदालम्बनं परम्।'

अर्थात् परमार्थ-साधन के विविध आलम्बनों में 'प्रणव' ही श्रेष्ठ और परम आलम्बन है।

✦ 'भाष्य-कार' कहते हैं–प्रणवस्य जपः, प्रणवाभिधेयस्य च ईश्वरस्य भावना, तदस्य योगिनः प्रणवं जपतः, प्रणवार्थं च भावयतश्चित्तम् एकाग्रं सम्पद्यते। तथा चोक्तम्–स्वाध्यायाद् योगमासीत्, योगात् स्वाध्यायमनेत् (स्वाध्यायमासते)। स्वाध्याय-योग-सम्पत्त्या परमात्मा प्रकाशते।

अर्थात् 'प्रणव' का जप और उसका अभिधेय ईश्वर की भावना है। इस प्रकार 'प्रणव' में जप-शील और प्रणवार्थ-भावना-शील योगी का चित्त एकाग्र होता है। कहा भी है–स्वाध्याय से योगारूढ़ हो, जब योग से स्वाध्याय का उत्कर्ष करोगे, तब 'स्वाध्याय' और 'योग'-रूपी सम्पत्ति द्वारा परामात्मा प्रकाशित होंगे।

✦ 'प्रणव' के स्मरण-मात्र से ही जिनके मन में सर्वज्ञता आदि गुणवाले ईश्वर की स्मृत्ति आ जाती है, वे ही वास्तविक योगी हैं। उनके द्वारा जो 'प्रणव का जप' एवं उसकी अर्थ-चिन्ता होती है, वही चित्त को स्थिर करनेवाला 'ईश्वर-प्रणिधान' नामक साधन है। 'स्वाध्याय' अर्थात् निरन्तर 'प्रणव-जप' से योग या चित्त की एकाग्रता होती है। 'योग' द्वारा अर्थात् चित्त की एकाग्रता से प्राप्त अन्तर्दृष्टि के द्वारा सूक्ष्म अर्थ का ज्ञान होकर 'स्वाध्याय का उत्कर्ष' होता है। सूक्ष्म-तर अर्थ के प्रति लक्ष्य रखकर पुनः-पुनः जपन-शील होना ही 'स्वाध्याय' है। इस प्रकार 'स्वाध्याय' के द्वारा 'योग' का एवं 'योग' के द्वारा 'स्वाध्याय' का अभ्यास होने से परमात्मा प्रकाशित होते हैं अर्थात् साधक को आत्म-ज्ञान की प्राप्ति होती है। 'प्रणव' और 'गुरु -मन्त्र' में कोई भेद नहीं है। 'शास्त्र' कहते हैं--

यः सर्व-भूत-चित्तज्ञो, यश्च सर्व-हृदि स्थितः। यश्च सर्वान्तरे ज्ञेयः, सोऽहमस्मीति चिन्तयेत् ।।

अर्थात् जो सभी प्राणियों के चित्तों को जानता है, जो सभी के हृदय में वर्तमान है, जो सभी के अन्तर में जानने की वस्तु है, वही मैं हूँ–यह चिन्तन 'मन्त्र-जप' के समय सदा किया करे।

शम्भोः प्रणव-वाच्यस्य, भावना तज्जपादपि । आशु सिद्धिः परा प्राप्या, भवत्येव न संशयः।
एकं ब्रह्म-मयं ध्यायेत्, सर्वं विप्र! चराचरम् । चराचर-विभागं च, त्यजेदहमिति स्मरन् ।।

अर्थात् प्रणव का वाच्य जो ईश्वर है, उसकी भावना प्रणव के जप से मिलकर ही रहती है, इसमें सन्देह नहीं। हे विप्र! सभी चराचर विश्व को ब्रह्म-मय 'एक' के रूप में ध्यान करे और 'अहम्' का स्मरण करता हुआ चराचर-विभाग या द्वैत-बुद्धि को त्याग दे।

✦ '**प्रणव-जप-रूपी**'–'**ईश्वर-प्रणिधान**' का साधन '**हृदय**' में करना चाहिए। **प्रथमाधिकारी–साकार** ईश्वर का ही प्रणिधान सहज समझते हैं। उन्हें अपने हृदय में **ज्योतिर्मय ईश्वर के रूप की कल्पना** करनी चाहिए। मुक्त पुरुष जिस प्रकार **स्थिर-चित्त** और **परम-पद** में स्थित होने के कारण प्रसन्न-मुख रहते हैं, उसी प्रकार अपनी **ध्येय मूर्ति** की चिन्ता करते हुए, उसी में अपने को ओत-प्रोत भाव में स्थित रहने का ध्यान करना चाहिए। '**प्रणव-जप**' द्वारा अपने को ईश्वर के प्रतीक में स्थित, निश्चिन्त और प्रसन्न रखना चाहिए।

उक्त अभ्यास से जब चित्त कुछ स्थिर, निश्चिन्त और ईश्वर-भाव में स्थित रहने में समर्थ हो, तब हृदय में **शुभ्र, स्वच्छ, असीम आकाश की धारणा** करनी चाहिए। **आकाश के मध्य में सर्व-व्यापी ईश्वर की सत्ता** है, यह जानकर उसमें '**अहमत्व**' को ओत-प्रोत-भाव से स्थित करना चाहिए अर्थात् यह ध्यान करना चाहिए कि '**मैं ही उस हृदयाकाशस्थ ईश्वर में अवस्थित हूँ।**' इसके बाद **हृदयाकाश** में स्थित **ईश्वर के चित्त में अपने चित्त को मिलाकर** निश्चिन्त, **सङ्कल्प-शून्य तृप्त-भाव** से '**अवस्थान**' का अभ्यास करना चाहिए।

✦ '**मुण्डकोपनिषद्**' में उक्त प्रणाली का बहुत सुन्दर वर्णन है–

प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा, ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते। अप्रमत्तेन वेद्दव्यं, शर-वत् तन्मयो भवेत् ।।

अर्थात् **ब्रह्म** या **हृदयाकाश में स्थित ईश्वर ही लक्ष्य-स्वरूप** है। **प्रणव–धनुः–स्वरूप है और अहं-भाव–शर-स्वरूप** है। '**अप्रमत्त**' अर्थात् सदा स्मृत्ति-युक्त रहते हुए **ब्रह्म-लक्ष्य में अहङ्कार** को प्रविष्ट कराकर उसे तन्मय करना होता है अर्थात् '**ॐ**' द्वारा– **मैं ही हृदयाकाशस्थ ईश्वर में स्थित हूँ**'–इस प्रकार का भाव रखते हुए ध्यान करना होता है।

उक्त ध्यान में अभ्यस्त होने पर साधक '**ध्यान-काल**' में अपने **हृदय में आनन्द का अनुभव** करता है। आनन्द के उक्त बोध को ही '**मैं हूँ**'–इस प्रकार स्मरण कर '**ग्रहण-तत्त्व**' में जाना होता है। फिर **अति स्थिर** और **प्रसन्न-चित्त** से अपने चित्त को **निरुद्ध** और **ईश्वर-भाव** से भावित करना होता है। सावधानी के साथ **दीर्घ-काल तक निरन्तर श्रद्धा-सहित अभ्यास** करने पर '**ईश्वर-प्रणिधान**' का वास्तविक फल मिलता है।

✦ '**जप**' के समय '**ओ**' को शीघ्र और '**म्**' को दीर्घ तथा **एकतान-भाव से उच्चारण** करना चाहिए। मन-ही-मन में उच्चारण करना उत्तम है। जिस '**जप**' में जिह्वा कुछ भी न हिले, वही श्रेष्ठ है। एक प्रकार का और **उत्तम जप** है, जो '**अनाहत नाद**' के साथ होता है। मन में ऐसा होना चाहिए कि '**अनाहत-नाद**' ही '**मन्त्र-रूप**' में सुन रहे हैं। '**तन्त्र-शास्त्र**' में इसे '**मन्त्र-चैतन्य**' कहते हैं–

मन्त्रार्थं मन्त्र-चैतन्यं, योनि-मुद्रां न वेत्ति यः। शत-कोटि-जपेनापि, नैव सिद्धिः प्रजायते।।

अर्थात् **मन्त्र का अर्थ, मन्त्र-चैतन्य** और **योनि-मुद्रा** जो नहीं जानता, वह सौ करोड़ भी जप करे, तब भी उसे सिद्धि नहीं मिलती। '**सोऽहं**' भाव ही सर्वोत्तम '**योनि-मुद्रा**' है। वही योगियों द्वारा ग्राह्य है।

✦ '**मन्त्र-जप**'-रूपी **ईश्वर-प्रणिधान** का साधन **भक्ति**-पूर्वक करना चाहिए। **ईश्वर के स्मरण** से सुख-बोध होने पर **बोध-मय** और **महत्त्व-बोध-युक्त** जो '**अनुराग**' होता है, उसी को '**भक्ति**' कहते हैं। प्रिय-जन को स्मरण करने पर जैसा सुख-बोध हृदय में होता है और बार-बार स्मरण करने की इच्छा होती है, **ईश्वर-स्मरण** भी जब उसी तरह का होगा, तब समझना चाहिए कि '**भक्ति-भाव**' व्यक्त हो रहा है। एक साधना और है–प्रिय जन को स्मरण करने से हृदय में सुख-बोध उदित होने पर, उस सुख-बोध को स्थित रखे और प्रिय-जन को त्याग कर, उस स्थान में उसी सुख-बोध के साथ **ईश्वर की चिन्ता** करने पर '**भक्ति-भाव**'–**शीघ्र व्यक्त** और **वर्द्धित** होता है।

✦ '**प्रणव**'-**जप** का एक और सङ्केत है–'**ओ**' के उच्चारण-काल में **ध्येय-भाव** को स्मरण करे और **दीर्घ एकतान** '**म्**' के उच्चारण में उस **ध्येय-भाव को स्थित** करे। **श्वास-प्रश्वास** के साथ इस प्रकार '**प्रणव**' का जप करने से अभीष्ट फल प्राप्त होता है। **सहज भाव** से श्वास लेते हुए '**ॐ**' के उच्चारण-पूर्वक **ध्येय-भाव में मन** को स्थित करे। इस प्रकार के '**जप**' से चित्त एक ही ध्यान में न्यस्त रहता है।

उक्त प्रकार की भावना के साथ '**मन्त्र-जप**' होने से ही चित्त एकाग्र भूमिका को पा सकता है। भूमिका का लाभ होने से '**सम्प्रज्ञात योग**' और उसके बाद '**असम्प्रज्ञात योग**' सहज रूप से सिद्ध हो जाते है।

✦ शास्त्रोक्ति है कि '**यज्ञ**' से ही सबकी उत्पत्ति होती है। अतएव '**यज्ञ**' नित्य करना चाहिए। '**गीता**' में भगवान् कहते हैं–'**यज्ञानां जप-यज्ञोऽस्मि।**' अर्थात् यज्ञों में श्रेष्ठ '**जप-यज्ञ**' मैं हूँ। अभिप्राय यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को '**जप-यज्ञ**' अवश्य करना चाहिए। कहा भी है–

आरम्भ-यज्ञा क्षत्राश्च, हविर्यज्ञा विराः स्मृताः । परिचार-यज्ञा शूद्राश्च, जप-यज्ञा द्वि-जातयः ।।

अर्थात् जो क्षात्र-धर्म धारण करना चाहता है, वह उद्योग करे। जो वैश्य होना चाहता है, वह अग्नि-होत्र करे। जो शूद्र रहना चाहता है, वह सेवा करे और जो द्वि-जाति होना चाहता है, वह '**जप**' करे। इस सम्बन्ध में निम्न प्रख्यात उक्ति स्मरणीय है–

जन्मना जायते शूद्रः, संस्काराद् द्विज उच्यते। वेदाभ्यासी भवेद् विप्रः, ब्रह्म जानन्ति ब्राह्मणाः।।

अर्थात् जन्म से प्रत्येक व्यक्ति '**शूद्र**' होता है। संस्कार होने पर वह '**द्विज**' कहलाता है। '**वेद**' का अभ्यास करने पर वह '**विप्र**' बनता है और इस प्रकार '**ब्रह्म**' को जाननेवाले '**ब्राह्मण**' होते हैं।

✦ **यज्ञोपवीत-संस्कार** में ब्रह्मचारी को '**गायत्री-मन्त्र**' सिखाया जाता है, जिसके '**जप**' द्वारा '**शुक्ल संस्कार**' अर्थात् **शुद्ध भाव** उत्पन्न होता है और '**कृष्ण कर्म**' अर्थात् पूर्व-जन्म के पाप-कर्मों के संस्कार दूर हो जाते हैं। उससे '**शूद्रता**' दूर होकर '**द्विजत्व**' प्राप्त होता है। '**गायत्री मन्त्र**' के निरन्तर स्वाध्याय से '**ब्रह्म संस्कार**' दृढ़ हो जाता है और '**अविद्या**' नष्ट हो जाती है। इस प्रकार '**विद्या**'-सम्पन्न होने से '**विप्रत्व**' आता है और जब '**विद्या**' की सहायता से '**अविद्या**' पूर्ण रूप से समाप्त हो जाती है, तब '**समाधि**' की उपलब्धि होती है और '**ब्रह्म**' का साक्षात्कार हो जाता है। तब '**ब्राह्मणत्व**' की प्राप्ति होती है। यह है '**गायत्री-मन्त्र**' के जप का प्रभाव।

- 'गायत्री-मन्त्र' और 'प्रणव' में कोई भेद नहीं है। 'प्रणव' वास्तव में 'गायत्री मन्त्र' का ही सूक्ष्म रूप है। परमहंस रामकृष्ण देव कहते थे कि ''चारों वेदों का लय 'सन्ध्या-कर्म' में होता है और 'सन्ध्या' का लय 'गायत्री' में। फिर 'गायत्री' का लय–'प्रणव' में होता है।'' इससे सिद्ध है कि 'प्रणव' का जप सर्व-श्रेष्ठ है।
- 'प्रणव'–ईश्वर का नाम है और ईश्वर के अनेक नाम हैं। अतः जिस नाम में रुचि हो, उसी का 'जप' कर सकते हैं। तन्त्र-शास्त्र में शिव जी कहते हैं–

जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः। सत्यं वच्मि, सत्यं वच्मि, सत्यं वच्मि च पार्वति!।।

यहाँ 'त्रिसत्य' करके अर्थात् तीन बार कहकर भगवान् शङ्कर ने 'जप' करने को कहा है। अतएव 'जप' अवश्य करना चाहिए, किन्तु पवित्रता, विश्वास, प्रेम और श्रद्धा के साथ। तभी 'जप' सिद्ध होता है।

'मन्त्र-जप' के आवश्यक विधान

- १. पवित्रता–इस सम्बन्ध में तुलसीदास जी कहते हैं कि 'अन्तर मलिन विषये मन अति, तन पावन करिए परवारे। मरइ न उरज अनेक जतन, वल्मीक विविध विधि मारे।' अर्थात् 'अन्तर' और 'बाहर' की पवित्रता। बाहर की पवित्रता तो 'शौच-क्रिया' से होती है और आन्तरिक पवित्रता के लिए परमहंस देव ने एक उत्तम विधि बताई है–''जप करने के पहले हृदय में कल्पना द्वारा शीशे का एक घेरा बनाए, जिसके भीतर से बाहर का दृश्य दिखाई पड़ता हो। अब मन में सङ्कल्प करे कि जब तक बैठा हूँ, बाहर न देखूँगा। भीतर जो इष्ट-देव हैं, केवल उन्हें ही देखूँगा। जब मन स्वभाव-वश बाहर जाने लगे, तब उसे रोककर भीतर ही लाए। साथ ही उस घेरे में कीड़े-मकोड़े, गर्द आदि जो हमारे मलिन विचार हैं, उन्हें साफ करता रहे। इसके लिए उस घेरे में एक नाली की भावना करे, जिससे होकर मलिन विचारों की मैल धोने पर बह जाए, किन्तु यह कभी न देखे कि वह मैल बहकर कहाँ गई। हाँ, मैल उस घेरे से बाहर अवश्य चली जाए। फिर उस नाली को बन्द कर दे। तब ऐसी कल्पना के साथ कि अब कोई मैल नहीं है, निश्चिन्त मन से जप करे।''
- २. विश्वास–अर्थात् नाम जपने से मङ्गल होगा ही ऐसा विश्वास रखना चाहिए। कितनी भी विपत्ति आए, कितना भी मन में तर्क उपस्थित हो, इस विश्वास से कदापि न डोले। यह उक्ति सदा ध्यान में रखे कि–भाव कुभाव अनख आलसहूँ, नाम जपत मङ्गल दिशि दसहूँ।

कोई कह सकता है कि यह तो अन्ध-विश्वास हुआ, परन्तु यह तो सभी मानते हैं कि 'विश्वास' होना ही चाहिए और 'विश्वास' के आँख होती नहीं, वह सदा ही अन्धा होता है। एक लौकिक उदाहरण है–किसी ने मजनूँ से कहा कि 'तुम्हारी लैला काली–कलूटी और कर्कशा है, तुम उसे क्यों प्यार करते हो?' इस पर उसने कहा था कि 'तुम यदि मेरी आँखों से उसे देखो, तब पता चलेगा कि वह कितनी सुन्दर और सुघड़ है।' भाव यह है कि संसार की दृष्टि में लैला असुन्दर थी, किन्तु मजनूँ की दृष्टि में सुन्दर! यही 'विश्वास' है।

३. **प्रेम**–अर्थात् जिसके बिना क्षण भर भी न रह सके, जिसके क्षण-मात्र के वियोग से प्राणों में छटपटाहट हो और छटपटाहट भी इतनी हो कि ऐसा प्रतीत हो कि मृत्यु हो जाएगी–ऐसे प्रगाढ़ '**प्रेम**' में विपत्ति और स्वार्थ की गन्ध भी नहीं रहती। प्रेमी अपनी प्रेमिका के लिए प्राण तक देने को तैयार रहता है, किन्तु बदले में कुछ लेना नहीं चाहता। रास्ते की भयङ्करता को भी वह नहीं देखता, मिलन हेतु दौड़ता ही जाता है, भले ही उसे कुछ भी सहना पड़े। कहा भी है--'**प्रेम का पन्थ कराल महा, तलवार की धार पै धावनो है!**'

'**प्रेम**' के लिए एक तो '**प्रेमी**' स्वयं है और दूसरा उसका '**प्रेम-पात्र**'। तीसरा कोई नहीं होता। ऐसे '**प्रेम**' का होना ही सबसे बड़ा '**वैराग्य**' है। '**पूर्ण प्रेम**' के उदय होने पर कोई कर्म शेष नहीं रहता। ऐसा '**प्रेम**' होता कैसे है, इस विषय में '**भक्ति-रसामृत-सिन्धु**' का कहना है–

आदौ श्रद्धा ततः साधु-सङ्गोऽथ भजन-क्रिया। ततोऽनर्थ-निवृत्तिः स्यात्, ततो निष्ठा रुचिस्ततः।।
अथासक्तिस्ततो भावस्ततः प्रेमाभ्युदञ्चति। साधकानामयं प्रेम्णः, प्रादुर्भावे भवेत् क्रमः।।

अर्थात् पहले '**श्रद्धा**', तब '**साधु-सङ्ग**', फिर '**भजन-क्रिया**', तब अनर्थों की '**निवृत्ति**', उसके बाद '**निष्ठा**', फिर '**रुचि**', फिर '**आसक्ति**', तब '**भाव**' और सबसे अन्त में '**प्रेम**' होता है।

४. **श्रद्धा**–'**श्रद्धा**' की व्याख्या में **सन्त कबीर** ने कहा है–

कबिरा जाके मुखन ते, धोखेहूँ निकसे राम। ताके पग की पानही, मेरे तन का चाम।।

राम का नाम जो धोखे से भी ले ले, उसके प्रति ऐसी भावना रखना कितना कठिन है! इस प्रकार की भावना अपने '**इष्ट**' के प्रति रखना ही वास्तविक '**श्रद्धा**' है।

'**जप**' के लिए दो विधान आवश्यक हैं–**१. दृष्टि-परिवर्तन, २. नामापराध से बचना**। जो '**जप-साधन**' करता है, उसकी दृष्टि-बुरी नहीं होनी चाहिए। वह बुरे वातावरण की शिकायत नहीं करता है। निम्न बातों का अभ्यास नित्य करने से दृष्टि परिवर्तित होती है।

(क) **कोई भी पूर्णतः बुरा नहीं** है। सभी में कुछ-न-कुछ अच्छाई है ही। तब उसकी अच्छाई को ही देखने की चेष्टा करें। उसके बुरे स्वभाव से अपनी दृष्टि को हटा लें। अच्छी ही बात देखनेवाले इस स्वभाव की ही वृद्धि करें। यह उपाय बुरा देखने के स्वभाव को सहज ही नष्ट कर देता है।

(ख) बड़ा-सा-बड़ा दुष्ट भी सुधर कर सन्त बन सकता है, इस ऐतिहासिक तथ्य को अच्छी तरह स्मरण रखें। **आन्तरिक रूप से कोई दुष्ट नहीं है**। यदि दुष्ट को किसी सन्त के पास रख दिया जाए, तो उसकी दुष्टता निश्चय ही नष्ट हो जाएगी। अतः **दुष्टता से घृणा करें, किन्तु दुष्ट से नहीं**।

(ग) स्मरण रखें कि **ईश्वर ही स्वयं दुष्ट, चोर, लम्पट और वेश्या** का कार्य कर रहे हैं क्योंकि सभी की '**आत्मा**'–**परमात्मा** का ही तो अंश है। इस प्रकार **दुष्टता आदि ईश्वर-लीला है**–'**लोक-वत् तु लीला-कैवल्यम्**।' इस भावना से यदि किसी दुष्ट को देखा जाए, तो उससे भी भक्ति ही उमड़ेगी।

(घ) सभी बातों में '**आत्म-दृष्टि**' रखें। सभी में **नारायण** को देखने का अभ्यास करें–'**वासुदेवः सर्वमिति**'–**गीता**। **भगवान्** की उपस्थिति का अनुभव सर्वत्र करें। इस प्रकार '**श्रद्धा**' का भाव सहज ही अर्जित कर सकते हैं।

मनन करने योग्य बातें

'**मन्त्र**' एक प्रकार की **शक्ति** है, जिसका प्रयोग किसी भी दशा में, किसी भी रूप में सम्भव है। मानव जीवन की रक्षा और दूसरे चमत्कारी कर्म '**मन्त्र**' के प्रभाव से सम्पन्न हो सकते हैं।

❁ ❁ ❁

'**मन्त्र**'–**शब्द-ब्रह्म का प्रकट स्वरूप** है। इस प्रसङ्ग में यह जानना आवश्यक है कि **शब्द** है क्या? '**शब्द**'-**आकाश का गुण** है और **श्रवणेन्द्रिय** से वह अनुभव में आता है।

❁ ❁ ❁

वाक्-रूप में प्रकट होनेवाला '**वर्णात्मक शब्द**'–**नित्य सनातन** है।

❁ ❁ ❁

'**वर्णात्मक शब्द**'–**मानसिक क्रिया या भावना** के अनुरूप निर्मित '**ध्वनि**' के माध्यम से प्रकट होता है।

❁ ❁ ❁

'**वर्णात्मक शब्द**' के चार रूप हैं–**१. परा**, **२. पश्यन्ती**, **३. मध्यमा** और **४. वैखरी**।

❁ ❁ ❁

'**परा**'-शब्द–शरीर के '**मूलाधार-चक्र**' में **कुण्डलिनी** में अवस्थित है।

❁ ❁ ❁

'**पश्यन्ती**'-शब्द की स्थिति–'**मूलाधार-चक्र**' से '**मणिपुर-चक्र**' तक व्याप्त है।

❁ ❁ ❁

'**मणिपुर-चक्र**' से लेकर हृदय तक शब्द के '**मध्यमा**'-रूप की अनुभूति होती है।

❁ ❁ ❁

'**मध्यमा**' के बाद '**शब्द**' अपने अन्तिम रूप '**वैखरी**' में प्रकट होता है, जो उच्चारित वाक्-रूप है।

❁ ❁ ❁

'**शब्द**' का '**मध्यमा**'-रूप–**मानसिक क्रिया या भावना** है, जिससे प्रेरणा पाकर '**शब्द**' के '**वैखरी**'-**रूप** या '**वाणी**' की उत्पत्ति होती है।

❁ ❁ ❁

'**मध्यमा**' और '**वैखरी**'-रूपों को मूल प्रेरणा '**शब्द**' के '**पश्यन्ती**' रूप से मिलती है, जो और कुछ नहीं, '**परा-शब्द**' की सामान्य क्रिया-रूपी अवस्था है।

❁ ❁ ❁

'**परा**'-शब्द यदि '**सुषुप्ति**' है, तो '**मध्यमा**'-शब्द–'**स्वप्न**' है और '**वैखरी**'-शब्द है–'**जाग्रदवस्था**'।

❁ ❁ ❁

'**शब्द**' और '**अर्थ**' में अखण्ड सम्बन्ध है। **अर्थ-हीन** कोई '**शब्द**' नहीं होता और **शब्द-हीन** कोई '**अर्थ**' नहीं होता।

❁ ❁ ❁

ॐकार का अनुभूत जप

('ॐकारोपासना' अथवा 'प्रणवोपासना' की एक अनुभूत योजना)

ॐकारं विन्दु-संयुक्तं, नित्यं ध्यायन्ति योगिनः। कामदं मोक्षदं चैव, ओङ्काराय नमो नमः।।

- मनुष्य की **सुख-शान्ति** और **कल्याण** के लिए हमारे पूर्वजों ने सैकड़ों साधन और योजनाएँ तैयार करके शास्त्रों में सुरक्षित रूप से लिख दी हैं, जिनको मनुष्य ध्यान-पूर्वक सुन कर, पढ़ कर और मनन कर **आध्यात्मिक सुख-शान्ति** और **कल्याण** को प्राप्त कर सकता है। उनकी **उपासना** अर्थात् जप की विधि-**वेद, उपनिषद्, गीता, तन्त्र, पुराण** और **धर्म-शास्त्र** में कही गई है। इन विधि-विधानों के साथ ही इनके माहात्म्य का भी विशेष कथन किया गया है, जिसको पाठक यत्र-तत्र यदा-कदा पढ़ते, सुनते और देखते ही रहते हैं।
- **'ॐ'-जगत् की आध्यात्मिक और भौतिक शक्तियों का मौखिक वीज-तत्त्व** है। अतः यह मनुष्य की **आध्यात्मिक सुख-शान्ति** और **कल्याण** की ओर उन्नति का कारण है।
- जिस समय **'ब्रह्म'** का विकास हुआ था, उसके प्रथम विकास का नाम ही **'ॐ'** कहा गया है। इस विकास का अपने-पन में लय हो जाना ही उन्नति की परा-काष्ठा है।
- **'ब्रह्म'** के विकास का **'प्रणव'** (**ॐ**) के रूप में आकर, इन्द्रिय आदि के विकास में विकसित हो जाना ही भौतिक उन्नति की परा-काष्ठा है।
- **'प्राणों'** का **'पूर्ण-ब्रह्म'** में लय हो जाना **'ब्रह्माद्वैत'** की सिद्धि है और **'प्रणव'** (**ॐ**) का पूरे व्यवहार में विकसित हो जाना **'पूर्ण-ब्रह्माद्वैत'** की सिद्धि है। इन दोनों की पूर्णता में **जगदाभास का अभाव** हो जाता है।
- **'आध्यात्मिक लय'** में साधक जगत् को मन-ही-मन **'ब्रह्म'** में लय करता है और वह जगत् में **'ब्रह्म-मय'** होकर रहता है। इसी को **अध्यात्म** में **'ॐ एवेदं सर्वं वेद नास्ति किञ्चन्'** की सिद्धि कहते हैं और भौतिक जगत् में **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'** का दर्शन होने लगता है। यही **'ॐकारोपासना' का सार तत्त्व** है।

ओङ्कारोपासना—भ्रम-निवारण

कस्य वा भवति पिपासा गंगास्रोतसि निमग्नस्य ॥१८॥
अमेध्यमथवा मेध्यं यत् यत् पश्यति चक्षुषा ।
तत्तदात्मेति विज्ञाय प्रत्याहरति योगवित् ॥१९॥
यत् यत् शृणोति कर्णाभ्यामप्रियमथवा प्रियम् ।
तत्तदात्मेति विज्ञाय प्रत्याहरति योगवित् ॥२०॥
अमिष्टमथवा मिष्टम् यत् यत् स्पृशति जिह्वया ।
तत्तदात्मेति विज्ञाय प्रत्याहरति योगवित् ॥२१॥
सुगन्धमथ दुर्गन्धं यत् यत् जिघ्रति नासया ।
तत्तदात्मेति विज्ञाय प्रत्याहरति योगवित् ॥२२॥
कर्कशं कोमलं वापि यत् यत् स्पृशति च त्वचा ।
तत्तदात्मेति विज्ञाय प्रत्याहरति योगवित् ॥२३॥

जीवात्म परमात्मनोरभेदः ।

आत्मेति परमात्मेति जीवात्मेति विचारणे ।
त्रयाणामैक्य संभूतिः आदेश इति कीर्तितः ॥२४॥
आदेश इति सद्वाणीं सर्वद्वन्द्वक्षयावहाम् ।
योगिनं प्रति वदेत् स वेत्यात्मानमीश्वरम् ॥२५॥

आत्मज्ञानान्मुक्तिः ।

निर्मलं गगनाकारं मरीचिजलसन्निभम् ।
आत्मानं सर्वगं ध्यात्वा योगी मुक्तिमवाप्नुयात् ॥२६॥
समस्तोपधिविध्वंसात् सदाभ्यासेन योगिनः ।
मुक्तिकृत् शक्तिभेदेन स्वयमात्मा प्रकाशते ॥२७॥
विरजाः परमाकाशात् आत्माकाशो महत्तरः ।
सर्वदेत्थं भावनया तत्वं योगिजना विदुः ॥२८॥
एतद् ब्रह्मात्मकं तेजः शिव ज्योतिरनुत्तमम् ।
ध्यात्वा ज्ञात्वा विमुक्तः स्यादिति गोरक्षभाषितम् ॥२९॥

ओंकार-रहस्यम् ।

भूर्भुवः स्वरिमे लोकाश्चन्द्र सूर्याग्निदेवताः ।
प्रतिष्ठिताः सदा यत्र तत्परं ज्योतिरोमिति ॥३०॥
त्रयः कालास्त्रयो वेदास्त्रयो लोकास्त्रयोऽग्नयः ।
त्रयः स्वराः स्थिता यत्र तत्परं ज्योतिरोमिति ॥३१॥
सत्त्वं रजस्तमश्चैव ब्रह्म-विष्णु-महेश्वराः ।
सर्वे देवाः स्थिता यत्र तत्परं ज्योतिरोमिति ॥३२॥
कृतिरिच्छा तथा ज्ञानं ब्राह्मी रौद्री च वैष्णवी ।
त्रिधा शक्तिः स्थिता यत्र तत्परं ज्योतिरोमिति ॥३३॥
शुचिर्वाप्यशुचिर्वापि यो जपे त्प्रणवं सदा ।
न स लिप्यति पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥३४॥
पद्मासनं समारुह्य समकायशिरोधरः ।
नासाग्रदृष्टिरेकाकी जपेदोङ्कारमव्ययम् ॥३५॥

देहरहस्यम् ।

बिन्दुमूलं शरीरस्य शिरास्तत्र प्रतिष्ठिताः ।
भावयन्ति शरीराणि चापादतलमस्तकम् ॥३६॥
सपुनर्द्विविधो बिन्दुः पाण्डुरो लोहितस्तथा ।
पाण्डुरं शुक्रमित्याहु र्लोहित ञ्च महारजः ॥३७॥
बिन्दुः शिवो रजः शक्ति र्बिन्दुरिन्दू रजो रविः ।
उभयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम् ॥३८॥
शुक्रं चन्द्रेण संयुक्तं रजः सूर्येण संगतम् ।
तयोः समरसैकत्वं यो जानाति स योगवित् ॥३९॥
यावद्बिन्दुः स्थितो देहे तावन्मृत्युभयं कुतः ।

मरणं विन्दुपतेन जीवनं विन्दुधारणात् ॥४०॥
एक स्तम्भं नवद्वारं गृहं पंचाधिदैवतम् ।
स्वदेहं ये न जानन्ति नते सिध्यन्ति योगिनः ॥४१॥
षट्चक्रं षोडशाधारं त्रिलक्ष्यं व्योम पंचकम् ।
स्वदेहे चेन्न जानन्ति कथं सिध्यन्ति योगिनः ॥४२॥

व्यष्टिपिण्डे समष्टि पिण्डदर्शनम् ।

पिण्डमध्ये चराचरं यो जानाति, स योगी पिण्ड-संवित्तिर्भवति । यथा च शिवसंहितायाम्,—

देहेऽस्मिन्वर्तते मेरुः सप्तद्वीप समन्वितः ।
सरितः सागराः शैलाः क्षेत्राणि क्षेत्रपालकाः ॥४३॥
ऋषयो मुनयः सर्वे नक्षत्राणि ग्रहास्तथा ।
पुण्यतीर्थानि पीठानि वर्तन्ते पीठ देवताः ॥४४॥
सृष्टिसंहारकर्तारौ भ्रमन्तौ शशिभास्करौ ।
नभो वायुश्च वह्निश्च जलं पृथ्वी तथैव च ॥४५॥
त्रैलोक्ये यानिभूतानि तानि सर्वाणि देहतः ।
मेरुं संवेष्ट्य सर्वत्र व्यवहारः प्रवर्तते ॥४६॥
जानाति यः सर्वमिदं स योगी नात्र संशयः ॥४७॥

श्वास-रहस्यम् (अजपा)

हं-कारेण वहिर्याति स-कारेण विशेत्पुनः ।
हंस-हंसेत्यमुं मन्त्रं जीवो जपति सर्वदा ॥४८॥
षट् शतानि दिवारात्रौ सहस्राण्येक विंशतिः ।
एतत्संख्यान्वितं मन्त्रं जीवो जपति सर्वदा ॥४८॥
अजपा नाम गायत्री योगिनां मोक्षदायिनी ।
तस्याः संकल्पमात्रेण नरः पापै विमुच्यते ॥५०॥
अनया सदृशी विद्या त्वनया सदृशो जपः ।
अनया सदृशं ज्ञानं न भूतं न भविष्यति ॥५१॥

परमपदस्य स्वसंवेद्यता ।

यत्र बुद्धिर्मनो नास्ति तत्वविन्नापरा [illegible] ।
ऊहापोहौ न कर्तव्यौ वाचा तत्र करोति किम् ॥५२॥
वाग्मिना गुरुणा सम्यक् कथं तत्पदमीर्य्यते ।
तस्मादुक्तं शिवेनैव स्वसंवेद्यं परं पदम् ॥५३॥

समाधि स्वरूपम् ।

तत्समत्वं द्वयोरत्र जीवात्मपरमात्मनोः ।
समस्त नष्ट संकल्पः समाधिः सोऽभिधीयते ॥५४॥
अम्बु-सैन्धवयोरैक्यं यथा भवति योगतः ।
तथात्ममनसोरैक्यं समाधिरभिधीयते ॥५५॥
यदा संलीयते जीवो मानसं च विलीयते ।
तदा समरसत्वं हि समाधिरभिधीयते ॥५६॥
इन्द्रियेषु मनोवृत्तिरपरा प्रक्रिया हि सा ।
ऊर्ध्वमेव गते जीवे न मनो नेन्द्रियाणि च ॥५७॥
नाभिजानाति शीतोष्णं न दुःखं न सुखं तथा ।
न मानं नापमानं च योगी युक्तः समाधिना ॥५८॥
अभेद्यः सर्वशस्त्राणामबध्यः सर्वदेहिनाम् ।
अग्राह्यो मन्त्रसंधानां योगी युक्तः समाधिना ॥५९
निरालम्बे निराधारे निराकारे निरामये ।
योगी योगविधानेन परब्रह्मणि लीयते ॥६०॥
यथा घृते घृतं क्षिप्तं घृतमेव हि जायते ।
क्षीरे क्षीरं तथा योगी तत्वमेव हि जायते ॥६१॥

षडङ्ग-योगः ।

आसनं प्राणसंरोधः प्रत्याहारश्च धारणा ।
ध्यानं समाधिरेतानि योगांगानि वदन्ति षट् ॥६२॥
आसनेन रुजं हन्ति प्राणायामेन पातकम् ।
विकारंमानसं योगी प्रत्याहारेण मुंचति ॥६३॥
मनोधैर्यं धारणया ध्यानाच्चैतन्यमद्भुतम् ।
समाधेर्मोक्षमाप्नोति त्यक्त्वा कर्म शुभाशुभम् ॥६४॥
आसनानि च तावन्ति यावत्यो जीवजातयः ।
एतेषामखिलान् भेदान् विजानाति महेश्वरः ॥६५॥
आसनेभ्यः समस्तेभ्यो द्वयमेव प्रशस्यते ।
एकं सिद्धासनं प्रोक्तं द्वितीयं कमलासनम् ॥६६॥
बद्ध पद्मासनो योगी नमस्कृत्य गुरुं शिवम् ।
नासाग्रदृष्टिरेकाकी प्राणायामं समभ्यसेत् ॥६६॥
ऊर्ध्वमाकृष्य चापानं वायुं प्राणे नियुज्य च ।
ऊर्ध्वमानीय तं शक्त्या सर्वं पापैः प्रमुज्यते ॥६८॥
प्राणायामे महान् धर्मो योगिनां मोक्षदायकः ।

प्राणायामे दिवारात्रौ दोषजालं परित्यजेत् ॥६९॥
प्राणायामेन युक्तेन सर्वरोगक्षयो भवेत् ।
अयुक्ताभ्यासयोगेन सर्वरोगस्य सम्भवः ॥७०॥
युक्तं-युक्तं त्यजेत वायुं युक्तं युक्तं च पूरयेत ।
युक्तं-युक्तं च बध्नीयादेवं सिद्धिमवाप्नुयात् ॥७१॥
चरतां चक्षुरादीनां विषयेषु यथाक्रमम् ।
यत्प्रत्याहरणं तेषां प्रत्याहारः स उच्यते ॥७२॥
अंगमध्ये यथांगानि कूर्मः संकोचयेद्ध्रुवम् ।
योगी प्रत्याहरेदेवं स्वेन्द्रियाणि तथात्मनि ॥७३॥
आसनेन समायुक्तः प्राणायामेन संयुतः ।
प्रत्याहारेण सम्पन्नो धारणां च समभ्यसेत् ॥७४॥
हृदये पंचभूतानां धारणं च पृथक्-पृथक् ।
मनसो निश्चलत्वेन धारणा साऽभिधीयते ॥७५॥
सर्वं चिन्तासमावर्त्ति योगिनो हृदि वर्तते ।
या तत्वे निश्चला चिन्ता तद्धि ध्यानं प्रचक्षते ॥७६॥
द्विधा भवति तद्ध्यानं सगुणं निर्गुणं तथा ।
सगुणं वर्णभेदेन निर्गुणं केवलं विदुः ॥७७॥

दशविधयमास्तथा दशविधनियमाः ।

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम् ।
क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं चेति यमा दश ॥७८॥
तपः सन्तोष आस्तिक्यं दानमीश्वर पूजनम् ।
सिद्धान्त श्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो हुतिः ।
दशैते नियमाः प्रोक्ता योगशास्त्रविशारदैः ॥७९॥
अत्याहारः प्रयासश्च प्रजल्पोऽनियमग्रहः ।
जनसंगश्च लौल्यं च षड्भिर्योगो विनश्यति ॥८०॥
उत्साहान्निश्चयाद् धैर्यात् तत्वज्ञानार्थदर्शनात् ।
जनसंगपरित्यागात् षड्भिर्योगो प्रसिद्धयति ॥८१॥
सुस्निग्धं मधुराहारं चतुर्थांशविवर्जितम् ।
भुक्ते य ईश्वर प्रीत्यै मिताहारी स उच्यते ॥८२॥
ब्रह्मचारी मिताहारी त्यागी योग परायणः ।
अब्दादूर्ध्वं भवेत्सिद्धो नात्र कार्या विचारणा ॥८३॥
सत्यमेकमजं नित्यमनन्तं चाक्षयं ध्रुवम् ।
ज्ञात्वा यस्तु वदेद्धीरः सत्यवादी स उच्यते ॥८४॥

शुद्धं शान्तं निराकारं परानन्दं सदोदितम् ।
तं शिवं यो विजानाति शुद्धशैवो भवेत्तु सः ॥८५॥

देहमध्यस्थचक्राणि ।

आधारं प्रथमं चक्रं स्वाधिष्ठानं द्वितीयकम् ।
तृतीयं मणिपूराख्यं चतुर्थं स्यादनाहतम् ॥८६॥
पंचमन्तु विशुद्धाख्यं आज्ञाचक्रन्तु षष्ठकम् ।
सप्तमन्तु महाचक्रं ब्रह्मरन्ध्रे महापथे ॥८७॥
चतुर्दलं स्यादाधारे स्वाधिष्ठाने तु षड्दलम् ।
नाभौ दशदलं पद्मं सूर्यसंख्यादलं हृदि ॥८८॥
कण्ठे स्यात् षोडशदलं भ्रूमध्ये द्विदल न्तथा ।
सहस्रदलमाख्यातं ब्रह्मरध्रे महापथे ॥८९॥
आधारं प्रथमं चक्रं स्वाधिष्ठानं द्वितीयकम् ।
योनिस्थानं तयोर्मध्ये कामरूपं निगद्यते ॥९०॥
आधाराख्ये गुदस्थाने पंकजं यच्चतुर्दलम् ।
तन्मध्ये प्रोच्यते योनिः कामाख्या सिद्धवन्दिता ॥९१॥
योनिमध्ये महालिंगं पश्चिमाभिमुखं स्थितम् ।
मस्तके मणिवद्बिम्बं यो जानाति स योगवित् ॥९२॥

देहमध्ये आत्मध्यानस्थानानि ।

आधारे प्रथमे चक्रे स्वर्णाभे चतुरंगुले ।
नासाग्रदृष्टिरात्मानं ध्यात्वा योगी सुखी भवेत् ॥९३॥
स्वाधिष्ठाने शुभे चक्रे सन्माणिक्य समप्रभे ।
नासाग्रदृष्टिरात्मानं ध्यात्वा ब्रह्मसमो भवेत् ॥९४॥
तरुणादित्यसंकाशे चक्रे तु मणिपूरके ।
नासाग्रदृष्टिरात्मानं ध्यात्वा संक्षोभयेत् जगत् ॥९५॥
अनाहते महाचक्रे द्वादशारे च पंकजे ।
नासाग्रदृष्टिरात्मानं ध्यात्वा ध्याताऽमरो भवेत् ॥९६॥
सततं घण्टिकामध्ये विशुद्धे दीपकप्रभे ।
नासाग्रदृष्टिरात्मानं ध्यात्वा दुःखं विमुञ्चति ॥९७॥
स्रवत्पीयूष सम्पूर्णे लम्बिका चन्द्रमण्डले ।
नासाग्रदृष्टिरात्मानं ध्यात्वा मृत्युं विमुञ्चति ॥९८॥
ध्यायेन्नीलनिभं नित्यं भ्रूमध्ये परमेश्वरम् ।
आत्मवान् विजित प्राणो योगी योगमवाप्नुयात् ॥९९॥
ब्रह्मरन्ध्रे महाचक्रे सहस्रारे च पंकजे ।

नासाग्रदृष्टिरात्मानं ध्यात्वा सिद्धो भवेत्स्वयम् ॥१००॥
गुदं मेढ्रश्च नाभिश्च हृदयं कण्ठ ऊर्ध्वगः ।
घण्टिका लम्बिका स्थानं भ्रूमध्यं च नभोविलम् ।
कथितानि नवैतानि ध्यानस्थानानि योगिनाम् ॥१०१॥
उपाधितत्वयुक्तानां कुर्वन्त्यष्टगुणोदयम् ।
उपाधिश्च तथा तत्वं द्वयमेतदुदाहृतम् ।
उपाधिः प्रोच्यते वर्णं स्तत्त्वमात्माऽभिधीयते ॥१०२॥
उपाधिरन्यथा ज्ञानं तत्त्वसंस्थितिरन्यथा ।
अन्यथा वर्णयोगेन दृश्यते स्फटिकोपमम् ॥१०३॥
समस्तोपाधिविध्वंसात् सदाभ्यासेन योगिनः ।
मुक्तिकृच्छक्तिभेदेन स्वयमात्मा प्रकाशते ॥१०४॥

कुण्डलिनी प्रबोधः ।

कुटिलांगी कुण्डलिनी भुजंगी शक्तिरीश्वरी ।
कुण्डल्यरुन्धती चैते शब्दाः पर्यायवाचका ॥१०५॥
येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मस्थानं निरामयम् ।
मुखेनाच्छाद्य तद्द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी ॥१०६॥
कन्दोर्ध्वं कुण्डली शक्तिः सुप्ता मोक्षाय योगिनाम् ।
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥१०७॥
कुण्डली कुटिलाकारा सर्पवत्परिकीर्तिता ।
सा शक्तिश्चालिता येन समुक्तो नात्र संशयः ॥१०८॥
गंगायमुनयोर्मध्ये बालरण्डां तपस्विनीम् ।
बलात्कारेण गृह्णीयात् तच्छंभोः परमं पदम् ॥१०९॥
इड़ा भगवती गंगा पिंगला यमुना नदी ।
इड़ा-पिंगलयोर्मध्ये बाल रण्डा कुण्डली ॥११०॥
पुच्छे प्रगृह्य भुजगीं सुप्तामुद्बोधयेच्च ताम् ।
निद्रां विहाय सा शक्तिः उर्ध्वमुत्तिष्ठते हठात् ॥१११॥
सुप्ता गुरु प्रसादेन यदा जागर्ति कुण्डली ।
तदा सर्वाणि पद्मानि भिद्यन्ते ग्रन्थयोऽपिच ॥११२॥
प्राणस्य शून्यपदवीं तदा राजपथायते ।
तदा चित्तं निरालम्बं तदा कालस्य वंचनम् ॥११३॥

दशविध-मुद्राः ।

महामुद्रा महाबन्धो महावेधश्व खेचरी ।
उड्डानं मूलबन्धश्व बन्धो जालन्धराभिधः ॥११४॥

करणी विपरीताख्या वज्रोली शक्तिचालनम् ।
इदं हि मुद्रादशमं जरामरणनाशनम् ॥११५॥
आदिनाथोदितं दिव्यमष्टैश्वर्यं प्रदायकम् ।
वल्लभं सर्वसिद्धानां दुर्लभं मरुतामपि ॥११६॥
गोपनीयं प्रयत्नेन यथा रत्नकरण्डकम् ।
कस्यचिन्नैव वक्तव्यं कुलस्त्री सूरतं यथा ॥११७॥
मुद्मोदे तु रा दाने जीवात्म परमात्मनोः ।
उभयोरेक संवित्तिमुद्रेति परिकीर्तिता ॥११८॥
मोदन्ते देवसंघाश्च द्रवन्तेऽसुरराशयः ।
मुद्रेति कथिता साक्षात्सदा भद्रार्थदायिनी ॥११९॥

शाम्भवी मुद्रा ।

अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टि निर्मेषोन्मेषवर्जिता ।
एषा वै शाम्भवी मुद्रा वेदशास्त्रेषु गोपिता ॥१२०॥
अन्तश्चेता बहिश्चक्षु रधिष्ठाय सुखासनम् ।
समत्वं च शरीरस्य ध्यानमुद्रा च कीर्तिता ॥१२१॥
अन्तर्लक्ष्यविलीनचित्तपवनो योगी सदा वर्तते ।
दृष्ट्या निश्चलतारया बहिरधः पश्यन्नपश्यन्नपि॥१२२॥
मुद्रेयं खलु शाम्भवी भवति सा लब्धा प्रसादाद्गुरोः ।
शून्याशून्यविलक्षणं स्फुरतितत् तत्त्वं
परं शाम्भवम् ॥१२३॥

प्राणायाम भेदाः ।

प्राणायामस्त्रिधा प्रोक्तो रेच-पूरक-कुम्भकैः ।
सहितः केवलश्चेति कुम्भको द्विविधो मतः ॥१२४॥
यावत्केवल सिद्धिः स्यात् सहितं तावदभ्यसेत् ॥१२५॥
रेचकं पूरकं मुक्त्वा सुखं यत्प्राणधारणम् ।
प्राणायामोऽयमित्युक्तः स वै केवल कुम्भकः ॥१२६॥
कुम्भके केवले सिद्धे रेच-पूरक-वर्जिते ।
न तस्य दुर्लभं किंचित् त्रिषु लोकेषु विद्यते ॥१२७॥
शक्तः केवलकुम्भेन यथेष्टं वायुधारणात् ।
राजयोगपदं चापि लभते नात्र संशयः ॥१२८॥
कुम्भकात् कुण्डलीबोधः कुण्डलीबोधतो भवेत् ।
अनर्गला सुषुम्ना च हठसिद्धिश्च जायते ॥१२९॥

हठं विना राजयोगो राज योगं विना हठः ।
न सिध्यति ततो युग्मम् आनिष्पत्तेः समभ्यसेत् ॥१३०॥
दृष्टिः स्थिरा यस्य विनापि दृश्याद्,
वायुः स्थिरो यस्य विना प्रयत्नात् ।
मनः स्थिरं यस्य विनावलम्बात्,
स एव योगी स गुरुः स सेव्यः ॥१३१॥

मनो लयः ।

मनः स्थैर्ये स्थिरो वायुस्ततो विन्दुः स्थिरो भवेत् ।
विन्दु स्थैर्यात्सदा सत्वं पिण्डस्थैर्यं प्रजायते ॥१३२॥
इन्द्रियाणां मनो नाथो मनोनाथश्च मारुतः ।
मारुतस्य लयो नाथः स लयो नादमाश्रितः ॥१३३॥
प्रणष्टश्वासनिश्वासः प्रध्वस्त विषय ग्रहः ।
निश्चेष्टो निर्विकारश्च लयो जयति योगिनाम् ॥१३४॥
उच्छिन्न सर्व संकल्पो निःशेषाशेष चेष्ठितः ।
स्वावगम्यो लयः कोऽपि जायते वागगोचरः ॥१३५॥
भ्रुवोर्मध्ये शिवस्थानं मनस्तत्र विलीयते ।
ज्ञातव्यं तत्पदं तूर्यं तत्र कालो न विद्यते ॥१३६॥
स्वमध्ये कुरु चात्मान मात्ममध्ये च स्वं कुरु ।
सर्वं च तन्मयं कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥१३७॥
वाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तर चिन्तनम् ।
सर्वचिन्तां परित्यज्य न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥१३८॥
मनोदृश्यमिदं सर्वं यत् किञ्चित् सचरा चरम् ।
मनसो ह्युन्मनीभावात् द्वैतं नैवोपलभ्यते ॥१३९॥
ज्ञेयवस्तु परित्यागाद् विलयं याति मानसम् ।
मनसो विलये याते कैवल्यमव शिष्यते ॥१४०॥

नादानुसंधानम् ।

मुक्तासने स्थितो योगी मुद्रां सन्धाय शाम्भवीम् ।
शृणुयाद्दक्षिणे कर्णे नादमन्तः स्थमेकधीः ॥१४१॥
यत्र कुत्रापि वा नादे लगति प्रथमं मनः ।
तत्रैव सुस्थिरीभूय तेन सार्धं विलीयते ॥१४२॥
कर्णौ पिधाय हस्ताभ्यां यं शृणोति ध्वनिं मुनिः ।
तत्र चित्तं स्थिरी कुर्यात् यावत् स्थिरपदं व्रजेत् ॥१४३॥

श्रूयते प्रथमाभ्यासे नादो नानाविधो महान् ।
ततोऽभ्यासे वर्धमाने श्रूयते सूक्ष्म सूक्ष्मकम् ॥१४४॥
आदौ जलधि जीमूत भेरी झर्झर सम्भवाः ।
मध्ये मर्दल शंखोत्था घण्टा काहलजास्तथा ॥१४५॥
अन्ते तु किंकिणी-वंश-वीणा-भ्रमर-निःस्वनाः ।
इति नानाविधा नादाः श्रूयन्ते देहमध्यगाः ॥१४६॥
महति श्रूयमाणेऽपि मेघभेर्यादिके ध्वनौ ।
तत्र सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं नादमेव परामृशेत् ॥१४७॥
अनाहतस्य शब्दस्य ध्वनिर्यं उपलभ्यते ।
ध्वनेरन्तर्गतं ज्ञेयं ज्ञेयस्यान्तर्गतं मनः ।
मनस्तत्र लयं याति तच्छंभोः परमं पदम् ॥१४८॥
यत्किंचिन्नाद रुपेण श्रूयते शक्तिरेव सा ।
यस्तत्त्वान्तो निराकारः स एव परमेश्वरः ॥१४९॥

अवधूत-योगि-लक्षणानि ।

क्लेश पाशतरंगाणां कृन्तनेन विमुण्डनम् ।
सर्वावस्था विनिर्मुक्तः सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५०॥
लोकमध्ये स्थिरासीनः समस्त कलनोज्झितः ।
कौपीनं खर्परोऽदैन्यं सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५१॥
पादुका पदसंवित्ति मृगत्वक् स्यादनाहता ।
शेली यस्य परा संवित् सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५१॥
मेखला निर्वृतिर्नित्यं स्वस्वरूपं कटासनम् ।
निवृत्तिः षट्विकारेभ्यः सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५२॥
चित्प्रकाश परानन्दौ यस्य वै कुण्डलद्वयम ।
जपमालाक्ष विश्रान्तिः सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५३॥
यस्य धैर्यमयो दण्डः पराकाशं च खर्परम् ।
योगपट्टो निजाशक्तिः सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५४॥
भेदाभेदौ स्वयं भिक्षां कृत्वा स्वास्वादने रतः ।
जारणी तन्मयीभावः सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५५॥
आवर्तयति यः सम्यक् स्वस्वमध्ये स्वयं सदा ।
समत्वेन जगद् वेत्ति सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५६॥
स्वात्मानमव गच्छेद् यः स्वात्मन्येवावतिष्ठते ।
अनुत्थानमयः सम्यक् सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५७॥
अवभासात्मको भासः प्रकाशे [illegible] संस्थितः ।

लीलया रमते लोके सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५८॥
क्वचिद् भोगी क्वचित्त्यागी क्वचिन्नग्नः पिशाचवत् ।
क्वचिद् राजा क्वचाचारी सोऽवधूतोऽभिधीयते ॥१५९॥
विश्वातीतं यथाविश्वं एकमेव विराजते ।
संयोगेन सदा यस्तु सिद्धयोगी भवेत्तु सः ॥१६०॥
उदासीनः सदा शान्तः स्वस्थोऽन्तर्निजभासकः ।
महानन्दमयो 'धीरः स भवेत् सिद्धयोगिराट् ॥१६१॥
परिपूर्णं प्रसन्नात्मा सर्वासर्वं पदोदितः ।
विशुद्धो निर्भरानन्दः स भवेत् सिद्ध योगिराट् ॥१६२॥
प्रसरं भासते शक्तिः संकोचं भासते शिवः ।
तयो र्योगस्य कर्ता यः स भवेत् सिद्धयोगिराट् ॥१६३॥
गते न शोकं विभवेन वाञ्छा, प्राप्ते न हर्षं च करोति योगी ।
आनन्दपूर्णो निजबोधलीनो, न बाध्यते कालपथेन नित्यम् ॥१६४॥

सद्गुरु-महिमा

सहजं स्वात्मसंवित्तिः संयमः स्वस्वनिग्रहः ।
स्वोपायं स्वस्वविश्रान्तिः अद्वैतं परमं पदम् ।
तज्ज्ञेयं सद्गुरोर्वक्त्रान्नान्यथा शास्त्रकोटिभिः ॥१६५॥
असाध्याः सिद्धयः सर्वाः सद्गुरोः करुणां विना ।
अतः सद्गुरुः संसेव्यः सत्यमीश्वर भाषितम् ॥१६६॥
अनुबुभूषति यो निजविश्रमम्,
स गुरुपाद सरोरुहमाश्रयेत् ।
तदनुसंसरणात् परमं पदम्,
समरसीकरणं च न दूरतः ॥१६७॥
कथनात् शक्ति पाताद्वा यद्वा पादावलोकनात् ।
प्रसादात्सद्गुरोः सम्यक् प्राप्यते परमं पदम् ॥१६८॥
वाङ्मात्राद्वाथ दृक् पातात् यः करोति च तत् क्षणात् ।
प्रस्फुटं शाम्भवं वेद्यं स्वसंवेद्यं परं पदम् ॥१६९॥
करुणाखण्ड पातेन छित्वा पाशाष्टकं शिशोः ।
सम्यगानन्द जनकः सद्गुरुः सोऽभिधीयते ॥१७०॥
किमत्र बहुनोक्तेन शास्त्रकोटि शतेन च ।
दुर्लभा चित्तविश्रान्ति विना गुरुकृपां पराम् ॥१७१॥
दुर्लभो विषयत्यागो दुर्लभं तत्वदर्शनम् ।
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरोः करुणां विना ॥१७२॥

योगतन्त्रविमर्शिनी

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय

योगतन्त्रविभागीय अनुसन्धान पत्रिका

सम्पादक

म० म० पण्डित गोपीनाथ कविराज, एम० ए०, डी० लिट्

अध्यक्ष, योगतन्त्र विभाग

वा० सं० वि० वि० वाराणसी।

प्रथम अंक

संवत् २०२६

प्रकाशन तिथि

चैत्र शुक्ल प्रतिपद् २०२७

योगतन्त्रविमर्शिनी

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय

योगतन्त्रविभागीय अनुसन्धान पत्रिका

सम्पादक

म० म० पण्डित गोपीनाथ कविराज, एम० ए०, डी० लिट्

अध्यक्ष, योगतन्त्र विभाग

वा० सं० वि० वि० वाराणसी।

प्रथम अंक

संवत् २०२६

प्रकाशक
संचालक, अनुसन्धान संस्थान
वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी—२

मूल्य ५ रुपया

मुद्रक—
अनिल कुमार गुप्त
संसार प्रेस, संसार लिमिटेड
काशीपुरा, वाराणसी ।

विषय-सूची

योग-तन्त्र-विमर्शिनी

अङ्क १, वाराणसी, श्रावण, सं० २०२६

जीव का आविर्भाव और क्रमिक विकास

म०म०पं०गोपीनाथ कविराज, अध्यक्ष—योगतन्त्रविभाग, वा० सं० वि० वि० वाराणसी।

अन्यान्य धर्मों की तरह शाक्त धर्म का भी अन्तरंग एवं बहिरंग स्वरूप है और दोनों के अन्तराल में एक मध्य विभाग भी है। केवल इतना ही नहीं, जिसे जगत् में साधना कहा जाता है, वह प्रत्येक धर्म में है। अन्तरंग साधना में जिस प्रकार साध्यसाधक भाव है, उसी प्रकार बहिरंग साधना में भी है। स्वभाव मूलक अधिकार के अनुसार साधना का मार्ग निश्चित किया जाता है। अतः साधक मात्र ही पथिक है। परन्तु सब साधकों का पथ एक ही प्रकार का नहीं है। एक बात यह भी है कि प्रत्येक विभाग में प्राकृतिक नियम के अनुसार दृष्टिवैचित्र्य देखने में आता है अर्थात् जिस प्रकार अन्तरंग साधना में प्रकारगत भेद है, उसी प्रकार बहिरंग साधना में भी है, क्योंकि मनुष्य की रुचि विभिन्न प्रकार की है। स्वभाव के अनुसार जिस प्रकार लक्ष्य में अन्तर पड़ जाता है, उसी प्रकार स्वभाव के अनुसार मार्ग में भी फरक पड़ जाता है। किन्तु रुचि-निरपेक्ष अखण्ड दृष्टि में वास्तव लक्ष्य एक छोड़कर दो नहीं होता। सामर्थ्य के भेद से रुचि तथा अधिकार का भेद होने के कारण मार्ग विभिन्न प्रकार के हो जाते हैं। प्रस्तुत लेख में अन्तरंग शक्ति का एक प्रकार का विवरण देना चाहता हूँ।

लक्ष्य का स्वरूप-निर्णय करना चाहिए। परमाद्वैत शाक्तयोगी का कथन है कि पूर्ण सत्ता ही लक्ष्य है, जो वस्तुतः पराशक्ति अथवा प्रकाशस्वरूप आत्मा से अभिन्न है। इस प्रकाश में किसी प्रकार का अवच्छेद नहीं है। जिस प्रकार यह सत्य है, उसी प्रकार अवच्छेद है यह भी सत्य है। अनवच्छिन्न प्रकाश ही महा-

प्रकाश नाम से प्रसिद्ध है, जिसमें शिव और शक्ति परस्पर अभिन्नतया स्फुरित होते हैं। एक ही सत्ता शिवरूपेण द्रष्टा है, एवं शक्तिरूपेण दृश्य है। इसको स्मरण में रखना चाहिए कि वह चिदात्मक भी है। द्रष्टारूप लेकर शिव है, दृश्यरूप लेकर शक्ति है। जो शरीर है वही शरीरी है। यह निरन्तर अपने आपको अविच्छिन्न रूप से देख रहे हैं। इस स्थिति में देश, काल तथा निमित्त की संभावना ही नहीं है। यह नित्य वर्तमान तथा नित्य संनिधान रूप में स्थित है। आत्मा की यह स्वातन्त्र्य रूप अवस्था है। यह जो शक्त्यात्मक शरीर है, लौकिक दृष्टि से यही समग्र विश्व है। विश्व की यह कारण अवस्था है। परन्तु इस बात को स्मरण में रखना चाहिए कि विश्व का यह शक्त्यात्मक रूप सामान्य रूप है। इस अवस्था में शिव को अस्पन्द एवं शक्ति को स्पन्द रूपा कहा जाता है। किन्तु दोनों अभिन्न होने के कारण इसमें स्पन्द एवं अस्पन्द इस प्रकार का विभाग नहीं है। प्रकाश का एक अनवच्छिन्न रूप एवं दूसरा अवच्छिन्न रूप भी है। इस दृष्टि से देखने पर समग्र विश्व इसी के अन्तर्गत है, यह मालूम पड़ेगा। जिस प्रकार अनवच्छिन्न आत्मा अथवा शिव की दृष्टि से उनकी शक्तिरूप शरीर सामान्य भावापन्न सत्ता है, उसी प्रकार अवच्छिन्न आत्मा अथवा जीव की दृष्टि से प्रतिनियत विशेष रूप को लेकर विश्व का भान होता है। अनवच्छिन्न आत्मा की दृष्टि से प्रतिनियत विशेप सम्पन्न कोई भी दृश्य स्फुरित नहीं होता। इसी कारण से उनकी दृष्टि अवच्छिन्न नहीं होती। परन्तु जिस दृष्टि से प्रतिनियत विशेपरूप का भान होता है, उसके लिए पूर्वोक्त प्रतिनियत रूप ही अवच्छेदक होता है। इस प्रकार से वह दृष्टि परिच्छिन्न होती है। यही जीवभाव का रहस्य है। अवच्छिन्न प्रकाश में ग्राहक, ग्रहण और ग्राह्य यह त्रिपुटी रहती है। ग्राहक जीवात्मा है। ग्राह्य विषय अथवा जगत् और ग्रहण करण सामग्री है। आत्मा चित् प्रधान अवस्था में द्रष्टा मात्र था। परन्तु माया के स्पर्श से त्रिपुटी भूमि में द्रष्टा ने इस समय भोक्ता का रूप धारण कर लिया। अत एव वस्तुतः जो ग्राह्य है, वह संसारावस्था में भोग्य से अभिन्न है। ग्रहण या करण भोग का साधन मात्र है। शिव शरीरी है और उनसे उनकी अभिन्न शक्ति ही उनका शरीर है। दोनों शुद्ध चिदात्मक है। जीव भी शरीरी है। परन्तु उसका शरीर उनके स्वरूप से भिन्न है। एक का शरीर चित् स्वरूप है, दूसरे का अचित् स्वरूप है। किन्तु इस अचित् रूपी शरीर में ही चित् स्वरूप जीवात्मा का अहँ अभिनिवेश लगा हुआ है। यदि इस प्रकार नहीं रहता तो जीव को भोग संभव नहीं रहता।

इसी विषय को और स्पष्ट करने के लिए विशेप विश्लेपण किया जा रहा है। महाशक्ति के स्वरूप को विचार की दृष्टि से देखने पर प्रतीत होता है कि यह परम प्रकाशमय निरपेक्ष आत्मस्वरूप मात्र है। अर्थात् अपरिच्छिन्न सत्तास्वरूप एवं अखण्ड अनन्त भाव मात्र है। परन्तु उनमें कुछ भी प्रतिभासमान नहीं हो रहा है। मानों चिदात्मा के अनन्त दर्पण पड़े हुये हैं, जिसमें किसी चित्र का भान नहीं हो रहा

है, मानो अपने में आप—यही दर्पण है अर्थात् यही निराभास चैतन्य अथवा विश्वातीत चित्सत्ता है। कोई-कोई आचार्य इसको अखण्ड अनन्त सत्ता-समुद्र में केवल चित्कला का प्रकाश कह कर वर्णन करते हैं। मानो यह कला कलातीत के साथ एकात्मक होकर विद्यमान है। यह परम साक्षी स्वरूप है, यह स्वप्रकाश द्रष्टा है। द्रष्टा बनकर यह अपने आपको ही देख रहा है। क्योंकि भिन्न दृश्य तो कुछ नहीं है। यह कला होने पर भी अस्पन्द है। शक्ति होने पर भी शिवस्वरूप है। कलातीत सत्ता चित्कला को कभी परिहार नहीं करती। यदि मान लिया जाय कि परिहार करती है, तब कहना पड़ेगा कि यह कलातीत भी अचित् होने के कारण असत् अथवा असत्कल्प है। यह चित्कला स्पन्दहीन होने पर भी अचिन्त्य रूप से स्पन्दनशील है। चित्कला की यह स्पन्दनशीलता ही महाशक्ति का दूसरा विभाग है। इस स्पन्द के प्रभाव से इसमें निरन्तर संकोच तथा विकास का व्यापार चल रहा है। जैसे कलातीत सत्य एवं चित्कला जो कि उसका नित्य साथी है; उसी प्रकार चित्कला भी सत्य है और संकोच-प्रसार उसके नित्य साथी हैं। पक्षान्तर में यह भी सत्य है कि संकोच-प्रसार सत्य है और चित्कला उसका नित्य साथी है। दोनों में अविनाभाव सम्बन्ध है। एक को छोड़कर दूसरा नहीं रह सकता है। चित्कला अमृत कला है और संकोच-प्रसार रूप व्यापार उसका आश्रय करते हुए कलनात्मक काल के खेल रूप में प्रकाशित हो रहा है। परन्तु कलनात्मक काल को छोड़कर कलनहीन महाकाल भी एक परम रूप है, जो काल होकर भी काल नहीं है और काल न होकर भी कालरूप में गण्य है।

संकोच एवं प्रसार के मूल में चित्कला की स्वातंत्र्यमयी लीला है। यह उसका स्वभाव है। चित्कला का प्रसरण जब होता है, तब उसमें आभास का उदय होता है।

प्रसार की पूर्णता के अनुरूप समग्र विश्व का भान उसमें होता है। यह प्रसार क्रम से होता है और बिना क्रम से एक क्षण में भी होता है। जब बिना क्रम से यह प्रसार होता है, तब चिद्दर्पण में पूर्ण आभास विद्यमान रहता है। शक्ति की दृष्टि से यही महासृष्टि है। यह खण्डसृष्टि नहीं है। क्रमशक्ति सम्पन्न काल की क्रमिक सृष्टि भी नहीं है। यह महाकाल की महासृष्टि है। वस्तुतः यह सृष्टि होने पर भी सृष्टि नहीं है, क्योंकि यह वर्तमान स्थिति है। यह चित् से अलग कुछ नहीं है। चित् का जो आभास रूप भाग है, वह विश्वात्मक है और जो निराभास भाग है वह विश्वातीत है। वस्तुतः निराभास चित् में निराभास स्थिति में भी नित्य साभास दशा विद्यमान है। इसीलिए ब्रह्म उभयलिंग है, अर्थात् नित्य निर्गुण होते हुए भी नित्य सगुण है। नित्य निराकार होते हुए भी नित्य साकार है। चिद्रूप महाशक्ति में विश्व भास रहा है, यह भी सत्य है। नहीं भास रहा है, यह भी सत्य है। यह एक विचित्र प्रहेलिका है।

जिसे हम सृष्टि एवं संहार कहते हैं, उसमें क्रम है, परन्तु यह क्रमदर्शन परिच्छिन्न प्रमाता के लिए है। अपरिच्छिन्न प्रमाता की दृष्टि से क्रम नहीं है। चित् कलायुक्त शिव परप्रमाता है। उसे परिच्छिन्न अथवा खण्ड प्रमाता नहीं कहा जा सकता। परप्रमाता प्रकाश तथा विमर्श का विचित्र रूप होने के कारण पूर्णाहं है, अर्थात् परमेश्वर एवं परमेश्वरी पदवाच्य है। कलातीत और चित्कला एक ही साथ अभिन्न स्वरूप में अवस्थित हैं, उसमें चित्कला अस्पन्द होने पर भी निरन्तर स्पन्दन लीलाशील है। उसके अहं में अनन्त शक्तियों का समाहार है।

जब परप्रमाता अपरिच्छिन्न रहते हुए स्वेच्छा से अपने को परिच्छिन्नवत् दिखलाते हैं, उस समय परिच्छिन्न अहं के सम्मुख उसके प्रतियोगी के रूप में इदं का प्रतिभास होता है। इस प्रतिभास में क्रम रहता है, क्योंकि यह काल के अधीन है। उस समय आत्मा स्वयं ही अपने से स्वयं अलग हो जाता है। यही परप्रमाता का स्वरूप में पहले संकोचग्रहण है, जिसके प्रभाव से आत्मा विभु होते हुए भी अणुभाव प्राप्त होता है। इस चिदणु को परिच्छिन्न प्रमाता, मायाप्रमाता, खण्ड जीव, जीव इत्यादि नामों से वर्णित किया जाता है। इसके सामने इदंरूपेण जिसका प्रथमतः प्रकाश होता है, वही शून्य अथवा आकाश है। कोई कोई इसको चिदाकाश कहते हैं। यह ध्यान में रखना कि यह वस्तुतः चिदाकाश नहीं है। पहले जिस महासृष्टि के बारे में कहा गया, चित् सत्ता में दर्पण स्थित प्रतिबिम्बवत् प्रतिभासमान होती है। उसका नाश नहीं होता। निराभास चैतन्य की स्थिति में उसकी उपलब्धि नहीं होती। इस आभासरूपी विश्व का दर्शन जब अभेद में संघटित होता है, तब किसी किसी की दृष्टि में वही भगवद्दर्शन रूप में प्रतीत होता है।

यह अभेद-सर्वज्ञत्व की अवस्था है। परन्तु यह दर्शन अभेद में न होकर भेद में भी हो सकता है। अर्जुन का विश्वरूप दर्शन, योगवासिष्ठ में वर्णित लीला का दर्शन, डान्टे का Divine Comedy में वर्णित Sempiternal Rose का दर्शन; यह सब भेदसृष्टि का दर्शन मात्र है। यह महासृष्टि का दर्शन नहीं है।

आत्मा से भिन्नरूपेण जगत् का दर्शन परिमित प्रमाता का दर्शन है, यह पर-प्रमाता का दर्शन नहीं है। क्योंकि परप्रमाता समग्र विश्व का अपने स्वरूप से अभिन्नरूपेण आत्मस्थित प्रतिबिम्बवत् दर्शन करते हैं। अणुभाव प्राप्ति के साथ चित् महामाया से आच्छन्न हो जाते हैं। मानों उसमें निद्रित हो जाते हैं। इसी का नामान्तर काल-राज्य में प्रवेश है। काल की दृष्टि से यही अनादि सुषुप्ति है। यह अनादि होने पर भी वस्तुतः इसके मूल में है आत्मा का स्वातन्त्र्य मूलक संकोच-ग्रहण। इस सुषुप्ति के अनन्तर अवरोह क्रम से माया भेद के बाद जागरण होता है। उस समय चिदणु खेचर चक्र से नियन्त्रित होकर मितप्रमाता बन जाते हैं, अर्थात् अल्पज्ञ, अल्पकर्ता, देशावच्छिन्न, कालावच्छिन्न और सर्वदा अभाव बोध

द्वारा क्लिष्ट प्रतीत होते हैं। आत्मस्वरूप की यह अख्याति या अज्ञान ही तन्त्रशास्त्र में महामाया रूप में वर्णित है।

पशुभाव अथवा जीवभाव का उदय उसके बाद होता है। परा वाक् इस आदि जीव को महासृष्टिमूलक खण्ड खण्ड अर्थ प्रदर्शन करती है। यह सब विकल्प रूप हैं और क्षणस्थायी हैं। निरन्तर चित्क्षेत्र में इनका आगमन तथा निर्गमन होता है। वेदान्तशास्त्र में यह सब अविद्या की विक्षेप वृत्ति है। इसके बाद कर्म का आविर्भाव होता है। उस समय देह भी दृष्टिगोचर होता है। चिदणु उसमें प्रवेश करते हैं। देह कर्मसृष्ट है। श्रुति में लिखा है—"तत् सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"। पहले था आत्मा में अनात्मभाव या इदंभाव, उसके बाद था देह में अर्थात् इदं में अहंभाव, उसके बाद देह में अर्थात् इदं में अहंभाव अर्थात् अनात्मा में आत्मभाव रहा। इसके मूल में शब्द, वर्ग-शक्ति और वर्णमाला का खेल है। पश्यन्ती भूमि में अवरोह के समय में आत्मा में अनात्मभाव की सूचना होती है। मध्यमा में सूक्ष्म में प्रवेश होता है और वैखरी में स्थूलभाव का उदय होता है। उस समय भौतिक देह में अहंभाव का उदय होता है। इस अवसर में सबसे पहले बाह्य जगत् का दर्शन होता है। यह बाह्य जगत् पूर्वोक्त महासृष्टि का एक देशमात्र है। यह देहावच्छिन्न अहं की बहिर्मुख दृष्टि के सम्मुख भासमान होता है। इसी का नाम है पतन। यह आत्मा की पंचकृत्य-कारिणी पंचशक्तियों के अन्तर्गत तिरोधान शक्ति का अन्तिम फल है।

विषय अत्यन्त जटिल है, फिर भी इसे संक्षेप में परिस्फुटित किया जाता है। मूल में हैं परम शिव। उस समय विश्व उससे अभिन्न है। इसके बाद स्वातन्त्र्य के बल से आणवभाव की प्राप्ति होती है, परन्तु यह अणु की सुप्त अवस्था है। यही महामाया अथवा स्वरूपाख्याति नाम से प्रसिद्ध है। प्रचलित परिभाषा में इसी का नाम है कुण्डलिनी की निद्रा अथवा सुप्ति। इसके बाद माया के स्पर्श से सुप्ति का भेद होकर जाग्रत् भाव का उदय होता है। इस समय चित् का आविर्भाव होता है और स्वरूप से भिन्नरूपेण विश्व का बोध होने लगता है। मायिक कंचुकों का सम्बन्ध भी इसी समय होता है। महान् समग्र विश्व को देख पाता है। परन्तु अणु विश्व के किंचित् अंश को देख पाता है। वह भी भिन्नरूपेण है। इस समय विकल्पों का उदय होता है। प्रति क्षण में नवनवोन्मेष हो जाता है। इस नाटक के सूत्रधार रूप में परा वाक् सब कुछ प्रदर्शन करती हैं। मित प्रमाता अथवा जीव उसको देखकर मुग्ध हो जाता है। इसके बाद वही शब्द नादरूप में प्रकाशित होता है। उस समय सर्वत्र एकमात्र आकाश ही आकाश भासता है। उसके बाद वह नाद खण्डित होकर वर्णमाला के रूप में प्रतिभात होता है। यही देहरचना का समय है। माया के अनन्तर कर्म सूचना इसी स्थान से शुरू होती है। इसमें समस्त वर्ण रहते हैं। परन्तु अहं रूपेण नीचे यह सब वर्ग व्याप्ति रूपेण अर्थात् अलग होकर प्रतिचक्र में रहते हैं। इन चक्रों में अहं नहीं है, किन्तु अहंकार

है। सहस्रार अर्थात् सहस्र दल अनन्त दल हैं। उसमें अनन्त वर्ण हैं। केन्द्र में शिव शक्ति है। प्रत्येक वर्ण का अपना-अपना दल है। उसमें अपने विस्तार की सुविधा होती है। मध्यमा से वर्ण शुरू होते हैं, किन्तु अस्पष्ट रूपेण। मनुष्य देह वर्ण से भरा हुआ है। सभी रचना के मूल में वर्ण हैं। कलना, संकल्पवृत्ति, भावसंस्कार, वासना, स्वभाव—यह सब कुछ वर्णमूलक है। सर्वत्र वक्र वायु का खेल है। यह सब शुद्ध वर्ण नहीं हैं। सहस्रार का वर्ण शुद्ध है, क्योंकि वहां वायु की वक्रता नहीं है। जहाँ वर्ण है, वहीं राज्य है। उसमें प्रवेश करने पर अन्तर्नाद मिलता है। केन्द्र में है बिन्दु। बिन्दु-भेद होते ही महाप्रकाश मिलता है।

सहस्रार के चारों तरफ वर्ण ही वर्ण हैं। केन्द्र के मार्ग में महानाद या परनाद है और केन्द्र में बिन्दु है। इस बिन्दु का नाम ही महा बिन्दु है, जो भगवद्धाम का केन्द्र है। भगवद्धाम ही केन्द्र से अभिन्न रूपेण भासमान विश्व है। मातृ-गर्भ में वर्णों से देह की रचना होती है, अर्थात् प्रणव की रश्मियों से यह रचना कार्य होता है। जीव वास्तव में अपने देह की स्वयं ही रचना करता है। बाद में स्वयं उसमें अहं अभिमान से बद्ध हो जाता है। स्थूल दृष्टि से इस अहं अभिमान की सूचना प्रसव के बाद मायिक जगत् में प्रथम श्वास ग्रहण करने के समय होती है। यही देहात्मबोध का रहस्य है।

शाक्त दृष्टि से प्रतीत होगा कि अनात्मा में आत्मबोध के मूल में वर्ण अथवा अशुद्ध मातृकाओं की क्रिया है। दूसरी तरफ से यह पता चलता है कि आत्मा में आत्मबोध अथवा अहंबोध के मूल में है शुद्ध मातृका की क्रिया। शुद्ध मातृका के प्रभाव से ही आत्मा में आत्मबोध का उदय होता है। भगवान् की स्वातंत्र्य शक्ति का जो खेल कहा जाता है, यही उस लीला का स्वरूप है।

आत्मा के अवतरण में क्रम है, परन्तु यह भूलना नहीं चाहिए कि बिना क्रम से भी अवतरण होता है। यहाँ उसका विचार नहीं किया जा रहा है। अव-तरण का जो क्रम है, यह बुद्धिगत क्रम है। कालगत अथवा देशगत क्रम नहीं है। अवतरण के अवसर में प्रायः इस क्रम का पता नहीं चलता। परन्तु आरोह के समय इस क्रम का स्पष्टतया पता चलता है।

पहले ज्ञातृभाव अथवा प्रमातृभाव का स्फुरण होता है। तदनन्तर ज्ञान अथवा प्रमाण का स्फुरण होता है। अन्त में ज्ञेय अथवा प्रमेय का स्फुरण होता है। इस प्रसंग में यह बात स्मरण रखना चाहिए कि परमेश्वर ही परम प्रमाता है, अर्थात् सर्व ज्ञाता हैं। उनका ज्ञान जिस प्रकार नित्यसिद्ध है, उसी प्रकार उस ज्ञान में भासमान ज्ञेय भी नित्यसिद्ध है। सच कहा जाय तो वहाँ पर तीनों अभिन्न अथवा एक ही हैं, यह परशिवावस्था है भगवान् की विश्वातीत

स्थिति निर्गुण ब्रह्म नाम से शास्त्र में प्रसिद्ध है। निर्गुण विश्वातीत स्थिति से समग्र सृष्टिप्रपंच अनिर्वचनीय माया के खेल के रूप में प्रतीत होता है। इसीलिए इसको मिथ्या अथवा विवर्तमात्र कहा जाता है। ब्रह्म कर्ता नहीं है, परन्तु मायिक प्रपंच का अधिष्ठान मात्र है। इस सृष्टि में ईश्वर है, जीव है, जगत् है, और काल, कर्म, अविद्यादि भी प्रवाह रूप में है। ब्रह्म में कुछ भी नहीं है। प्रकाशमात्र है। माया के प्रभाव से उसमें सभी का भान होता है। विश्वात्मक परम शिव में विश्व भी अभिन्नरूपेण सर्वदा रहता है। उनके स्वातन्त्र्य से पृथक् रूपेण विश्व का भान हो सकता है। जो कि भासित हो रहा है, वह सब अभिन्नरूपेण सर्वदा विद्यमान है। यदि उसकी इच्छा हो तो विश्व पृथक् रूपेण भी भासित हो सकता है। यही सृष्टि का रहस्य है। यह मिथ्या नहीं है। क्योंकि परमशिव स्वरूप में विश्व से अभिन्नतया नित्य विद्यमान है। अत एव यह कहा जाता है कि समग्र विश्व शक्तिरूपेण उनसे अभिन्न है और उनकी इच्छा से सृष्ट अथवा विसृष्ट मात्र है। जो उनमें भासित नहीं होता है, उसका स्फुरण पृथक् रूपेण भी नहीं हो सकता।

इसको अवतरण का क्रम कहा गया है। इससे यह पता चलता है कि स्वतन्त्र चिति ही विश्व सिद्धि का हेतु है। शक्ति सूत्र का भी यही कथन है। इससे प्रतीत होगा कि सबके आदि में अर्थात् त्रिपुटीरूप विश्व रचना के प्राक्काल में जो रहता है, वही प्रमिति या संवित् है। पहले इस पूर्ण संवित् या चित् शक्ति से खण्ड प्रमाता अथवा चिदणु का आविर्भाव होता है। यह ज्ञानहीन एवं ज्ञेयहीन ज्ञाता का मूल स्वरूप है। उसके बाद उस ज्ञाता से ज्ञान का उदय होता है। उस समय स्थिति में ज्ञाता और उसका ज्ञान यह दोनों है। यह ज्ञान अभेदात्मक है (वर्ण), उससे वह भेदाभेदात्मक (मन्त्र) होता है। अन्त में भेदात्मक (पद) है। यह तीन प्रकार का ज्ञान है। वर्ण रूप अभेद ज्ञान एवं पूर्व वर्णित संवित् स्वरूप सर्वथा एक नहीं है। मन्त्र रूप ज्ञान में ज्ञेय का भान रहता है। यह अभेद में भेद का उन्मेष मात्र है, यह समझना चाहिए। पदरूप ज्ञान में भेद का प्राधान्य रहता है, परन्तु स्मरण में रखना चाहिए कि यह भी ज्ञान ही है, यद्यपि इसका प्रतिभास ज्ञेयरूपेण होता है। इसके अनन्तर ज्ञान के बाद अज्ञान के बीच में क्रिया-शक्ति का खेल शुरू होता है। उस समय केवल ज्ञेय मात्र रहता है, ज्ञान नहीं रहता है। तन्त्र में इसी का नाम है वाचक अध्वा से वाच्य अध्वा में प्रवेश। क्रिया-शक्ति कलन रूप से ज्ञेय रूपी ज्ञान को निकाल देती है। इसी को अर्थसृष्टि अथवा Matter का आविर्भाव कहा जाता है। इसमें भी विकास का क्रम है। पहले कलन के प्रभाव से कला का आविर्भाव होता है। उसके बाद कला से तत्त्व का आविर्भाव होता है और अन्त में तत्त्व से भुवन का आविर्भाव होता है। इसी स्थान में अर्थ का अवसान होता है। भुवन से जो कार्यसृष्टि होती है, वह सृष्टि भुवन के अन्तर्गत ही समझनी चाहिए। संक्षेप में यही जगत्स्वरूप की आलोचना है।

आरोह-क्रम ठीक इससे विपरीत है। अवतरण के क्रम को जीव जान नहीं सकता, किन्तु उद्धार के क्रम को जान सकता है। इससे यह सिद्ध होता है कि भगवान् की तिरोधान शक्ति उनका आत्मसंकोच संपादन करती है। प्रचलित भाषा में इसी को कुण्डलिनी की सुप्ति कहा जाता है। यह बात पहले भी कह चुके हैं। इसके दो प्रान्त हैं–ऊर्ध्व प्रान्त है अनुभव का उदय और आत्मा में अनात्मभाव का स्फुरण, इसके बाद अनात्मभाव में आत्मभाव का उन्मेष अधः प्रान्त है। मनुष्य मातृगर्भ से भूमिष्ठ होने के साथ ही साथ अस्फुट रूप होने पर भी अहंबोध का अनुभव करने लगता है। इसी का नाम अहंकार है। उस समय देह ही अहं है। दृष्टि है बहिर्मुखी और इन्द्रियों से अहंरूपी आत्मा बाह्य रूपी जगत् का अनुभव करता है। देहाभिमानी होने के कारण जगत् को अपने से भिन्न करके अनुभव करता है। यह अनुभवयोग्य रूप है। इसी का नाम है बाह्य जगत् की सृष्टि। एक दृष्टि से यदि देखा जाय तो यह बाह्य जगत् जीव की निजी सृष्टि है। जीव इस जगत् को अपने अन्तर्गत रूप में दर्पण में दृश्यमान नगरी जैसे दर्पण से पृथक् प्रतीत होने पर भी दर्पण के अन्तर्गत ही समझता है, ठीक उसी प्रकार बाह्य जगत् जब तक अपने आत्मा के अन्तर्गत रूप में देखा नहीं जायेगा तब तक जीव पतित ही है और पतित ही रहेगा। जितने ही दीर्घ काल की आवश्यकता हो और जितने ही लोक-लोकान्तर में जीव का संचार क्यों न हो, इस प्रकार का जीव वस्तुतः पतित ही है, इसमें सन्देह नहीं है। शुभकर्म के प्रभाव से लोक-लोकान्तर में जाकर भोगैश्वर्य प्राप्त होने पर भी वह पतित ही कहलायेगा। सद्गुरु के अनुग्रह के बिना इसका उद्धार नहीं हो सकता।

आत्मा जब जीव बन कर पतित हो जाता है, तब प्रत्येक स्तर में भगवत् शक्ति उसकी अपनी पतित अवस्था के अनुरूप सहायता देती है। वस्तुतः अपनी शक्ति ही आत्मा को मोहित करती है। यह सब शक्तिचक्र का रूप लेकर नियन्त्रित हैं। इनमें कुछ शक्तियाँ जो कि खेचरी शक्ति नाम से प्रसिद्ध हैं, खेचरी चक्र के रूप में आवर्तित होकर जीव को मित प्रमाता के रूप में परिणत करती है। दिक्चरी शक्तियाँ दिक्चरी चक्र के रूप में आवर्तित होकर जीव के अन्तःकरण के रूप में प्रस्फुरित होती है। इसी प्रकार गोचरी शक्तियाँ गोचरी नाम लेकर जीव को इन्द्रिय रूप में परिणत होती है। भूचरी शक्तियाँ भूचरी चक्र के नाम से जीव को देह में अहंभाव से बद्ध करती है। विशाल एवं अनन्त मुक्त सत्ता में अहंप्रतीति का उदय भूचरी चक्र द्वारा प्रतिरुद्ध होता है। इस प्रकार जीव जिस समय पाश-बद्ध रहता है, तब dumb driven cattle के सदृश रहता है, इसी लिए पशु शब्द से अभिहित होता है।

यह पशु रूपी जीव की उस समय की अनुभूति कैसी है? पूर्वोक्त प्रकार से बद्ध पशु जगत् को अपनी सत्ता से भिन्न समझता है और भिन्नतया देखता भी है। केवल इतना ही नहीं, सर्वत्र एक नियतभाव अर्थात् नियन्त्रण का भाव उसमें काम

करता है। शाक्त आचार्यगण इसी को विकल्प नाम से निर्देश करते हैं। जैसे एक पुष्प को देखकर जब उसको पुष्परूपेण ग्रहण किया जाता है, अर्थात् वह पुष्प है और कुछ नहीं है इस प्रकार जब उसको ग्रहण किया जाता है, उस समय समझना चाहिए कि यह जो देखना है यह विकल्प मात्र है। यह नियत रूप में अवधारण करना, अर्थात् यह पत्र नहीं, फल भी नहीं और दूसरा कुछ नहीं है, यही विकल्प है। सभी स्थलों में नाम, जाति प्रभृति की योजना होती है। वस्तुतः यह पुष्प मात्र नहीं है, परन्तु इसमें सब कुछ है, अर्थात् सब सर्वात्मक है, इस प्रकार ग्रहण करना ही निर्विकल्पक दर्शन है। बद्ध जीव नाम, जाति, आकार प्रभृति की योजना किए बिना कुछ भी ग्रहण नहीं कर सकते। यदि कर सकते तो इस प्रकार का नियन्त्रण नहीं रहता और किसी भी स्थान में किसी भी क्षण में किसी भी सत्ता का ग्रहण उनके लिए संभव होता है।

अवतरण के मार्ग में जीवरूपी आत्मा अनेक अधिकारियों का अधिकार भुक्त हो जाते हैं। पहले बिन्दु में स्थित शिव के अधिकार के भोक्ता हो जाते हैं। यह शिव अनाश्रित शिव है। इस अधिकार में आने के कारण क्रमशः आत्मा में अणुभाव का उदय, महामाया का आश्रय ग्रहण और आत्मस्वरूप की विस्मृति हो जाती है। इसके बाद वह संकुचित आत्मा या अणु मायाधिष्ठाता ईश्वर के अधिकार में आ जाते हैं। उस समय ईश्वर उस अणु को माया से युक्त करते हैं। अर्थात् षट्कंचुकों के आवरण से आच्छन्न करते है। यह कंचुकित आत्मा उसके बाद ब्रह्मा के अधिकार के भोक्ता होते हैं और वे ईश्वर द्वारा ब्रह्मा के देह से युक्त हो जाते हैं। उसके बाद कंचुकावरण से आवृत होकर आत्मा अनादि, अनन्त कर्म-संस्कार के भीतर से गुण-राज्य में प्रवेश करते हैं। गुण-राज्य में रजोगुण के अधिष्ठाता उसको संस्कारानुरूप प्राकृत देह दान करते हैं। इस स्थान का व्यापार अत्यन्त रहस्यमय है। कालातीत सत्ता से काल-राज्य में प्रविष्ट होकर साथ ही साथ स्वरूपतः साक्षी मात्र होते हुए भी कर्तृत्व अभिमान से युक्त होते हैं। कर्म प्रवाह अनादि है।

आत्मा माया सम्बन्ध के अनन्तर काल और कर्म से युक्त होकर अनादि कर्मसंस्कार युक्त होकर अवस्थित है। वस्तुतः प्रकृति के गुणों से कर्म सम्पादन होता है। तथापि अविवेक से अहंकार-मोह से मूढ़ होकर आत्मा अपने को कर्ता समझता है। यह कहना अनावश्यक है कि यह कर्तृत्व परिच्छिन्न है, जिसके मूल में कला एवं अशुद्ध विद्या का प्रभाव है। देह की प्राप्ति के बाद जब तक देह का अवसान नहीं होता, अर्थात् जब तक देह की स्थिति रहती है, वह आत्मा विष्णु के अधिकार में रहता है। विष्णु ही प्राकृत सत्त्वगुण का अधिष्ठाता है। इसके अनन्तर देह संहार-काल में अर्थात् मृत्यु के समय रुद्र के अधिकार में आ जाता है। इसी प्रकार से जब तक मल का परिपाक न हो, तब तक अणु रूपी जीवात्मा

या पशु मृत्यु से जन्म, एवं जन्म से मृत्यु इस क्रम के अनुसार ब्रह्मादि त्रिदेवता के अधीन होकर निरन्तर आवर्तन करता है। इस आवर्तन में आत्मा अपने कर्मानुसार ऊर्ध्व, मध्य और अधोगति प्राप्त करता है। जब तक मल पूर्णरूप से पक्व नहीं होता, तब तक पशु का भव-चक्र में आवर्तन होता रहता है। मलपाक होते ही श्रीभगवान् की शक्ति का संचार होता है। तब वह आत्मा जगद्गुरु सदाशिव के अधिकार में आ जाता है। दीक्षा के साथ ही वह शुद्धविद्या की प्राप्ति कर शुद्ध मार्ग में आरूढ़ होकर अनाश्रित शिव तत्त्व का भेद कर पूर्ण परमेश्वर या परमशिव अवस्था को प्राप्त करता है।

आत्मा पूर्वोक्त प्रणाली से जीवभाव धारण करके आत्म-विस्मृति प्राप्त करके अनादि काल से बह रहा है, यही उसका पतन है। आत्मा वस्तुतः देश एवं काल से अतीत है। अतः वह किस समय इस स्रोत में गिर गया, इसको मानवीय भाषा में व्यक्त करना संभव नहीं है। परन्तु गिरने के बाद जब वह दृष्टि के उन्मीलन में समर्थ होता है, तब उसे यह स्पष्टरूप से देखने में आता है कि यह एक अनन्त अनादि प्रवाह चल रहा है। अन्वेषण करने पर भी इसके आदि का पता नहीं चल सकता। सच बात यह है कि जीव का पतन काल एवं अकाल के सन्धि का व्यापार है। वस्तुतः काल के क्षेत्र से मुक्त होना भी इसी प्रकार का है।

जीव अपने को भूल कर अपनी शक्ति के अधीन हो जाता है। देह एवं इन्द्रिय युक्त अवस्था में कर्म के अनुसार समग्र मायिक जगत् में संचरण करता है। मायिक जगत् में अर्थात् मायाण्ड में असंख्य प्रकृत्यण्ड विद्यमान हैं और प्रत्येक प्रकृत्यण्ड में असंख्य ब्रह्माण्ड हैं, यह जीव के भ्रमण का क्षेत्र है। उत्थान एवं पतन निरन्तर होता रहता है, परन्तु इसका कोई मूल नहीं है। क्योंकि जीव ऊर्ध्व लोकों में जाने पर भी पहले जिस प्रकार पतित रहा, उसी प्रकार ही रहता है। ऊर्ध्व गति कर्मानुसार ही है एवं कर्म के अधीन भी। अतः इस ऊर्ध्व एवं अधोगति के फलस्वरूप जीव की पतित अवस्था में परिवर्तन नहीं होता। उत्थान की यथार्थ सूचना ठीक उसी समय माननी चाहिए, जब जीव अपने जीवभाव से मुक्त होकर अपने नित्य-शिव-स्वरूप की साधना पा सकता है। यह भगवदनुग्रह अथवा शुद्धविद्या के बिना नहीं हो सकता। शुद्धविद्या के उदय के प्रभाव से इस विराट् विकल्प-जाल के बन्धन से सर्वदा के लिए मुक्त होकर निर्विकल्पक परम पद में प्रतिष्ठित हो सकता है। जीव की परम पद में स्थिति तभी कही जा सकती है, जब वह जीव-सृष्टि एवं ईश्वर-सृष्टि से मुक्त होकर विशुद्ध विकल्पशून्य आत्मस्थिति में अवस्थान करे। जीव-सृष्टि में प्रत्येक जीव का जगत् भिन्न-भिन्न वासना और कल्पना से रचित है। नाम, जाति प्रभृति योजना के प्रभाव से जीव का ज्ञान विकल्पमय है और इस विकल्प के ऊपर जागतिक व्यवहार प्रतिष्ठित है।

श्रीगुरु-कृपा से शुद्धविद्या का संचार होते ही जीव की दृष्टि क्रमशः बदलने लगती है। शुद्धविद्या का तात्पर्य यही है कि सद्गुरु के अनुग्रह से शिष्य की तिमिराच्छन्न दृष्टि खुल जाती है। इसी का नामान्तर है ज्ञानाञ्जन शलाका से दृष्टि का उन्मीलन, अर्थात् ज्ञान-चक्षु का उन्मीलन। कौल योगियों का कथन है कि समग्र सृष्टि के मूल में जो परम बोध स्वरूप समुद्र है, उसको अकुल कहते हैं। इस अकुल में तरंग अथवा ऊर्मि का उन्मेष ही अनुग्रह का स्वरूप है। इसी तरंग को स्पन्द कहा जाता है। अकुल समुद्र में जब प्रथम स्पन्द का उदय होता है, तब वह अनुग्रह के विषयभूत जीव को स्पर्श करता है। यह स्पन्द वस्तुतः चिच्छक्ति का ही विकास है। जीव की मूल विकल्प-दृष्टि के ऊपर जब इस चिदूर्मि का आघात लगता है, तब जीव की सत्ता में परिवर्तन होने लगता है। सबसे पहले यह उन्मेष प्राप्त चिच्छक्ति काल को ग्रास करने के लिए प्रवृत्त हो जाती है। काल-ग्रास के सम्पन्न हो जाने पर ही जीव की दृष्टि से विकल्पजाल क्रमशः हटने लगता है। इस प्रक्रिया के क्रमिक विवर्तन से प्रथमतः प्रमेय का शोधन होता है। प्रमेय की शुद्धि के प्रभाव से आत्मा के आध्यात्मिक जीवन में एक विराट् परिवर्तन लक्षित होता है। भगवान् शंकराचार्य ने कहा है कि "विश्वं दर्पण-दृश्यमान-नगरी-तुल्यं निजान्तर्गतम्" जिस प्रकार नगर दर्पण में दिखायी देता है, उसी प्रकार विश्व भी आत्मा में नगर प्रतिबिम्ब के सदृश प्रतिबिम्बित प्रतीत होता है। तथापि "मायया बहिरिव उद्भूतम्" अर्थात् माया के कारण बाह्यवत् प्रतीत होता है। यह प्रतीति सत्य नहीं है। क्योंकि माया कट जाने पर, अर्थात् माया का कटना शुरू होते ही आत्मा विश्व को अपने स्वरूप में अनुभव करने लगता है। यह बाह्यवत् आभास कहा जाता है। यह पूर्वोक्त प्रमेय-सिद्धि के प्रभाव से नहीं रहता। देहात्मबोध के रहने के कारण आत्मा भ्रम से समझने लगता है कि विश्व अपने बाहर है। परन्तु देहात्मबोध हट जाने पर वास्तव में बाह्य में कुछ नहीं रहता। विश्व तब भी रहता है, किन्तु अपने से बाहर नहीं, अपने में ही है। शुद्धविद्या अथवा जाग्रत् चिच्छक्ति बुभुक्षु है। यह पहले विश्वग्रास करने के लिए उन्मुख होती है। यह बहिर्मुख होकर विश्व को भीतर ले आती है। विसर्ग शक्ति से विश्व विसृष्ट है। अब अपनी बिन्दु शक्ति से अन्ततः खींच लेती है। संवित् विषय को ग्रहण करके जब तृप्त होती है, तब विषय-भोगक्रिया नहीं रहती। ज्ञान रागात्मक रूप धारण करता है और साक्षात्कार स्वात्मरूप से होने लगता है। इसकी स्थिति किस प्रकार की है, इसकी आलोचना हम संक्षेप में करेगें। जब ग्राह्य-ग्राहक भाव है, तब पराशक्ति विषयभोग अथवा राग को निर्विकल्प रूप से अनुभव करती है। यही विकासमयी चिद्देवी का द्वितीय विकास है। परम योगी इस अवस्था में वीरेन्द्र अथवा वीरेश्वर नाम से अभिहित होता है। यही वास्तव में भोग की अवस्था है। परन्तु यह भोग पशु का नहीं, किन्तु

वीर का है, क्योंकि पशु जाग्रत् स्वप्न और सुषुप्ति की तीनों अवस्था में पृथक् पृथक् भोक्ता रहता है। उसकी तुरीय अवस्था है नहीं, परन्तु यह जो भोग की बात कही गई यह तुरीय अवस्था की है। इस दशा में जाग्रत्, स्वप्न एवं सुषुप्ति, तीनों अवस्था में तुर्यानन्द का उल्लास रहता है। अतः शिवसूत्र में "त्रितयभोक्ता वीरेशः" कह कर इसी अवस्था का वर्णन किया गया है। उत्पलाचार्य ने इस अवस्था के बारे में कहा है–"तत्तदिन्द्रियमुखेन सन्ततं युष्मदर्चनरसायनासवम्। सर्वभावचषकेषु पूरितेष्वापिबन्नपि भवेयमुन्मदः ॥" (१३।८) यह एक अत्यन्त अद्भुत अवस्था है। यह भोग ही श्रीभगवद् अर्चना है। प्रत्येक इन्द्रिय से ही श्रीभगवान् की पूजा का रसायनरूप आसव प्रत्येक भावरूप चपक या पात्र में सम्यक् रूप से भर देने पर एक नशे Intoxication के सदृश भाव का उदय होता है। यह वही भाव है। चक्षु से रूप को देखना यह क्या है? यह है चक्षु द्वारा रूपनामक भाव या भाव क्रम पूजा रस का पान करना एवं तन्मय हो जाना। कान से शब्द सुनना यह भी उसी प्रकार का है। यह इस भाव का ही नामान्तर है। उपासना जाग्रत् में होती है, स्वप्न एवं सुषुप्ति में होती है। आत्मा जब जिस भाव में रहती है, उसी भाव में उसी अवस्था में इस प्रकार की पूजा होती है। यह दुर्बल के लिए नहीं है, इसी का नाम है—वीरभाव। भगवान् शंकराचार्य ने कहा—"यद् यत् कर्म करोमि तत् तदखिलं शम्भो तवाराधनम्" यह इसी अवस्था का निर्देश है।

इसके बाद अर्थात् विषय के समाप्त होने के बाद अनन्त तृप्ति होती है। तृप्ति के बाद अन्तर्मुख अवस्था का उदय होता है। उस समय कौन तृप्त होता है? इसका उत्तर है, करणेश्वरी देवीगण। उनकी तृप्ति कब होती है? इसका उत्तर है, जब करणेश्वरीवर्ग चिदाकाशरूपी भैरवनाथ के साथ आलिंगित होकर पूर्णतया अन्तर्मुख होता है, अर्थात् उस समय करणेश्वरी देवी श्री भैरवनाथ से अभिन्न हो जाती है। यही उनके आलिंगित होकर शयनभाव का तात्पर्य है। जब तक इन्द्रियां आकांक्षायुक्त रहती हैं, तब तक करणेश्वरीगण चिदाकाशनाथ का आलिंगन नहीं कर सकतीं।

जब तक इन्द्रियों का विषय योग रहता है, तब तक श्वास प्रश्वास-क्रिया बहत्तर हजार नाड़ियों में चलती रहती है, उस समय आन्तर द्वादशान्त एवं बाह्य द्वादशान्त के बीच में एक जाने आने की क्रिया अर्थात् आकर्षण-विकर्षण की क्रिया चलती रहती है। अन्तर्मुखी गति से आन्तर द्वादशान्त में प्रवेश होता है और बहिर्मुखी गति से बाह्य द्वादशान्त का स्पर्श होता है। यह दोनों के संघट्ट का स्थान है। जब इन दो संघट्ट स्थानों में संविद् होती है, तभी परप्रमातृपद का उन्मीलन होता है। ठीक इसी प्रकार की अवस्था प्रमाण एवं प्रमेय की संधि में भी होती है। यह परप्रमातृ देवी परा संवित् की क्रिया है। इसमें कोई सन्देह नहीं है। उस समय परा संवित् अपने तेज एवं प्रभा से मित

प्रमाता को अर्थात् जीवभाव को अपने स्वरूप में डुबा देती है, इसके प्रभाव से एक तरफ प्राण और अपान का संघर्ष निवृत्त होता है और दूसरी तरफ प्रमाण एवं प्रमेय का संघर्ष भी निवृत्त होता है। यही ज्ञाता की निर्विकल्प अवस्था है। उत्पलाचार्य प्रभृति योगियों के मतानुसार यही आध्यात्मिक शिवरात्रि है। उस समय चन्द्रादि के साथ सूर्य भी अस्तमित हो जाता है।

इस अवस्था के अतिक्रम करने पर योगी की एक विशिष्ट स्थिति होती है। इसमें दो अंश हैं—(१) बाह्य तथा (२) आन्तर। बाह्य स्थिति में स्वरूपाच्छादन होता है और आन्तर स्थिति में स्वरूप का उन्मीलन होता है। इस स्थिति में ही योगियों की परीक्षा होती है। इस स्थिति में जिस प्रकार प्रमेय भाव नहीं रहता, उसी प्रकार प्राण तथा अपान की क्रिया भी नहीं रहती। पहली ज्ञान अथवा मन की दिशा है, दूसरी प्राण की दिशा। दोनों ही परा समरूप से ज्ञात हो जाती है। शाक्त की परिभाषा में एक दिशा से सूर्य को दूसरी दिशा से चन्द्र को समझाने का प्रयत्न किया जाता है। चन्द्र एवं सूर्य दोनों का समरूप से अस्तमित होने का तात्पर्य यह है कि इस अवस्था में जिस प्रकार ज्ञातृज्ञेयभाव का तरंग नहीं रहता है, उसी प्रकार प्राण का चलाचल भी शान्त हो जाता है। इस स्थल को योगियों के लिए परीक्षा का स्थान कहने का तात्पर्य यह है कि इस स्थिति में स्वरूपानुसंधान जाग्रत् न रखने से स्वरूप के ऊपर आवरण पड़ जाता है, क्योंकि इस समय महामाया में प्रवेश होने के कारण स्वरूप का आच्छादित हो जाना स्वाभाविक है। इसी कारण इस अवस्था में आने पर योगी का स्वरूपानुसंधान सर्वदा जाग्रत् रखना पड़ता है। शिवरात्रि में रात्रि जागरण का तात्पर्य यही है। शिवसूत्रकार की परिभाषा में इस जागरण को ही उद्यम कहते हैं। यह अनाख्या दशा नाम से शास्त्र में परिचित है। स्वरूपानुसंधान ठीक रखने पर इस अवस्था में पहुँचते ही स्वरूप का विकास हो जाता है। इस स्थिति का नाम महाव्योम है। इस व्योम में चन्द्र-सूर्य का संचार नहीं है, अर्थात् प्राणापान की क्रिया नहीं है और प्रमाण-प्रमेय की क्रिया भी नहीं। इसी का नामान्तर चिदाकाश है। क्योंकि इसी में चन्द्र तथा सूर्य का लय हो जाता है। किन्तु यह स्मरण रखना चाहिए कि इस अवस्था के प्राप्त करने पर भी योगी कृतार्थ नहीं हो सकता, क्योंकि यहाँ आकर सुषुप्त होने पर यही मोहरूप में परिणत होती है। जाग्रत् रहने पर नित्य निरावरण प्रकाश के रूप में प्रकट होता है। जाग्रत् रहने का तात्पर्य यही है कि योगी को इस अवस्था में अपनी सत्ता के बोध के विषय में बहुत सतर्क रहना पड़ता है, अर्थात् अनाख्या दशा में आत्मा अपनी सत्ता के बोध को अक्षुण्ण रखने पर सर्वदा के लिए आवरणशून्य प्रकाश के राज्य में उन्नीत होता है, क्योंकि आत्मविमर्श न रहने पर इतना ऊपर उठने पर भी गिरना असंभव नहीं है।

इस महाव्योम के वर्णन के प्रसंग में उत्पलाचार्य ने कहा है—"तदा तस्मिन् महाव्योम्नि प्रलीनशशिभास्करे। सौषुप्तपदवन्मूढः प्रबुद्धः स्यादनावृतः॥"

यहां तक ऊर्ध्व गति प्राप्त होने के बाद भी योगी के चित्त में शंका का उदय हो सकता है, परन्तु शंका उदित होने पर भी योगी स्वात्मानुसंधान रूप प्रयत्न के द्वारा उसका समाधान कर सकते हैं। यदि इस प्रकार का अनुसंधान कोई न कर सके, तब इतने उच्चकोटि से भी योगी का पतन असंभव नहीं है, परन्तु यदि ठीक ठीक आत्मानुसंधान संपन्न हो तब विकल्पात्मक समग्र जगत् अन्तर्मुख पद में लीन हो जाता है। अर्थात् उस समय में आत्मा चराचर विश्व को ग्रास करके उस ग्रास के उल्लास से एक प्रकार की रसमयी स्थिति को प्राप्त करता है। यह स्थिति परप्रमातृ दशा में ही स्थिति है, उससे भिन्न कुछ नहीं है। ब्रह्मसूत्र में कहा गया है कि "अत्ता चराचरग्रहणात्" अर्थात् आत्मा चराचर विश्व को ग्रास करता है। यह वही स्थिति है। स्वरूपानुसंधान न रहने पर इस स्थिति में ठीक विपरीत अवस्था का उदय होता है। यह प्रमोद विलास के रूप से मित प्रमातृभाव का विस्तार मात्र है।

इसको स्मरण रखना चाहिए कि स्वरूप-गोपन तथा स्वरूप-उन्मीलन दोनों ही पूर्ण दशा में रहते है। परन्तु गुरु की कृपा के प्रभाव से स्वरूप गोपन का समूल उपसंहार हो जाता है, अर्थात् महामाया की निवृत्ति हो जाती है और बहिर्मुखी वृत्ति अथवा संसारचक्र स्वात्मरूप अग्नि में अभेद ज्ञान रूप में परिणत हो जाता है। तब अन्तर्मुख बोध का आश्रय लेते हुए अद्वय स्वरूप में स्थिति होती है। यहां तक प्राप्ति होने पर इसकी आगे की अवस्था बिना प्रयत्न के आप ही आप संघटित हो जाती है। उस समय फिर स्वरूप-गोपन नहीं होता और बाह्य वृत्तियों का भी उदय नहीं होता। इस अवस्था का पारिभाषिक नाम है भावसंहार। उन्नत अवस्था में निर्विकल्पक आत्मसंवेदन का उदय होने पर भावसंहार होता है। इस स्थिति में आत्मस्वरूपभूत प्रदीप्त अग्निराशि में भावमय समग्र विश्व का उपसंहार हो जाता है। परा संविद्रूपा देवी की महिमा से उस समय सब प्रमेयों का समूल उच्छेद होता है। इस अवस्था में जिस प्रकार एक पक्ष में भेद ज्ञान नहीं रहता, उसी प्रकार दूसरे पक्ष में हेय तथा उपादेय का बोध भी नहीं रहता। इसीलिए शंकाशून्य तथा कल्पनाशून्य निर्विकल्प स्थिति के रूप में इसका वर्णन मिलता है।

तथापि यह पूर्णाहन्ता स्वरूप नहीं है, क्योंकि इसमें संस्कार रहने के कारण इदन्ताभाव का लेश रह जाता है। जब तक संस्कार की निवृत्ति पूर्णतया न हो, तब तक यथार्थ पूर्णाहन्ता के स्वरूप का उदय नहीं होता। कौल आचार्यों का सिद्धान्त यह है कि पाँच संविद्देवियों से प्रमेय का समूल उच्छेद हो जाने पर भी प्रमेय का संस्कार किञ्चिन्मात्र रह ही जाता है। अतः इस अवस्था में योगी का इस प्रकार स्वात्म-

विमर्श होता है—मैंने ही यह सब अभेद में अवभासन किया है। अर्थात् संहार होने पर भी संस्कार के सत्ता के कारण संहार का परामर्श होता है। इसके अनन्तर यह संस्काररूप उपाधि भी निवृत्त हो जाती है। उस समय परा संवित् का स्वरूप पूर्वोक्त पाचों रूप को आत्मसात् करके प्रकाशमान होता है। जब तक संस्कारात्मक उपाधि विद्यमान रही, तब तक काल की कलना भी कुछ रही, परन्तु संस्कार के नाश के अनन्तर जिस अहंभाव का उदय होता है, वही स्वभावभूत यथार्थ अहं है। योगी की इस समय की अनुभूति में "वही मैं हूँ" इस प्रकार का परामर्श होता है, परन्तु यह भी योगी का आत्मरूपी शिव की पूजा की ही एक उच्च अवस्था है। इसी को लक्ष्य करते हुए उत्पलाचार्य ने कहा था—'त्वामगाधमविकल्पमद्वयं स्वं स्वरूपमखिलार्थघस्मरम्। आविशन्नहमुमेश सर्वदा पूजयेयमभिसंस्तुवीय च॥" (१३।२०) इसके आगे की स्थिति में परासंवित् जिस रूप में अपने को प्रकाश करती है, वह भिन्न भिन्न रूपों का विकास और उन विकासों का अपने स्वरूप में विलयन सम्पन्न करती है। यह अवस्था संहार से भी अधिक गंभीर है। पहले जो भावसंहार की बात कही गई है, उसमें प्रमेय पर्यन्त का संहार होता है। परन्तु इस समय में संहार का जो स्वरूप प्रकट हुआ है, उसमें प्रमाण पर्यन्त भी समाप्त हो गया है। महाकल्प के अनन्तर जिस प्रकार का संहार होता है, यह उसी के अनुरूप है। इस अवस्था में प्रमेय तथा प्रमाण चिद्रवि दीप्ति में सम्पूर्ण रूप से लीन हो जाते हैं। इस प्रसंग में प्राचीन आचार्यगण एक संभाव्यमान शंका का समाधान करने का प्रयत्न किए हैं। पहले संहार भूमि का जो विवरण दिया गया है, उसके साथ वर्तमान भूमि की तुलना करने पर यह पता चलेगा कि दोनों स्थल में ही शंका का उदय होना संभव है। परन्तु इन दो भूमियों की स्थितिगत विलक्षणता यह है कि निम्न भूमि में यह शंका मिटाने के लिए अपना व्यक्तिगत प्रयत्न या अनुसंधान आवश्यक है, अर्थात प्रयत्न करने पर यह शंका निवृत्त होती है, न करने पर शंका की निवृत्ति नहीं होती, और उससे पतन होता है। इधर ऊपर की भूमि में भी शंका का उदय हो सकता है, यह सत्य है, परंतु इसका समाधान भी अपने आप ही हो जाता है। उसके लिए अपने प्रयत्न की आवश्यकता नहीं पड़ती। शंकापद से यह समझना चाहिए कि कर्तव्याकर्तव्य विचार है। यह सदाशिव दशा के अनुरूप है। इस अवस्था में शंका और ग्लानि के उदय होने पर भी ये योगी को बाधक नहीं हो सकती। इस स्थिति में प्रमेय पूर्णरूप से विलीन हो गया, परन्तु प्रमाण स्थित प्रमेय की जीवन शक्ति अभी है। इस जीवनी शक्ति को दार्शनिक परिभाषा में द्वादश इन्द्रिय रूप से वर्णन किया जाता है। आगम के अनुसार यह भी सूर्य का ही एक रूप है। परन्तु इसकी जो परवर्ती अवस्था है, उसमें द्वादश इन्द्रियात्मक सूर्य अहंकाररूपी परम आदित्य में लीन हो जाता है। इस अहंकार को ही प्रमाता कहते हैं। जिसका नामान्तर किसी किसी आगम के अनुसार भर्गशिखा है। परा संवित् के पूर्वोक्त स्वरूपों

में शब्दादि विषय रसों का कैसा आत्मस्वरूप में लय होता है ? इसका विवरण दिया गया है। इस अवस्था में सब कलाओं का उपसंहार हो जाता है, किन्तु केवल परमा अथवा अमा कला रह जाती है। यही शिव-कला है और यही परप्रमातृस्वरूप है।

यह जो अहंकार रूपी परम आदित्य की बात कही गई है, यह परिच्छिन्न कला है। यह स्मरण रखना चाहिए। परम आदित्य के अनन्तर जिस अहं सत्ता का प्राकट्य होता है, वह परम आदित्य से उत्कृष्ट अवस्था है, किन्तु वह भी परिच्छिन्न प्रमाता ही है। उसका पारिभाषिक नाम इस दृष्टि के अनुसार कालाग्निरुद्र है। यह परम आदित्य के ऊर्ध्व में है, किन्तु यह अमित प्रमाता नहीं है। यह एक प्रज्वलित अग्नि सदृश है, जिसमें संसार दग्ध हो गया है। किन्तु पशुत्व का लेश अभी है। योगी जब इस स्थिति में रहता है तब विषय एवं इन्द्रियों का संस्कार का लेश भी नहीं रहता, एकमात्र इन्द्रियातीत निर्विकल्पक प्रमाता ही प्रकाश के रूप में रहता है। इसके बाद रुद्रावस्था के अवसान हो जाने पर भैरवावस्था का उदय होता है। आदित्य के बाद रुद्र और रुद्र के बाद भैरव, यही क्रम है। सबसे पहले भैरव का जो स्वरूप प्रकाश होता है, उसको महाकाल भैरव कहा जाता है। परा संवित् इस भूमि में महाकाली रूप में प्रकाशित होती है। महाकाल भैरव पंचकृत्य सम्पादन करते हैं। परन्तु निरपेक्ष भाव से नहीं, क्योंकि यह स्वतंत्र नहीं है। जिनकी इच्छा यह सृष्ट्यादि पंचकृत्य सम्पन्न करती है, वह स्वयं जगदम्बा है। इस अवस्था में इस परम तेज के गर्भ में सब प्रकार की परिच्छिन्न अहंता लीन हो जाती है। देहगत अहंता, प्राणगत अहंता, पुर्यष्टकगत अहंता, शून्यगत अहंता इस महा अग्नि में दग्ध होकर एकमात्र विश्व के साथ अभेदमय पूर्ण अहन्ता रहती है। योगी इस अवस्था में आने पर परमशिव सदृश पंचकृत्यकारी होता है। परन्तु परमशिव के पंचकृत्य इस अवस्था में व्यापिनी कला में प्रकाशित होता है। यह किसी किसी का मत है। इसके अनन्तर महाकाल भैरव भी नहीं रहते। इस अवस्था का नाम है महाभैरव दशा। यह महाकाल से अतीत है। इस अवस्था में सब कुछ शान्त होता है। किसी का संस्कार तक नहीं रहता। जिस स्वात्मसंवेदना का क्रमशः अधिक अधिक परिस्फुट होते हुए विकास हो रहा था, यहाँ उसकी पूर्ति होती है। उस समय महाकाली भगवती स्वधाम में अर्थात् अकुल में प्रविष्ट होने के लिए उन्मुख रहती है। इसी से समझ जाना चाहिए कि यह अवस्था काल से कलित नहीं है। व्यापिनी का भेद हो जाने पर समना भूमि में प्रविष्ट होने पर इस अवस्था का उदय होता है। उस समय सृष्टिसंहारात्मक काल नहीं रहता, परन्तु साम्यरूप काल रहता है। उस समय प्रतीत होता है कि मानों काल नहीं, परन्तु यह बात ठीक नहीं है। क्योंकि काल है, किन्तु यह काल साम्यरूपी काल है। उस अवस्था में अनन्त काल एक क्षण के रूप में प्रतीत होता है। उत्पलाचार्य ने इस अवस्था का विवरण अपनी कारिका में दिया है—

न सदा न तदा न चैकदेत्यपि सा यत्र न कालधीर्भवेत्।
तदिदं भवदीयदर्शनं न च नित्यं न च कथ्यतेऽन्यथा ॥

इसके बाद जिस अवस्था का उदय होता है, वही क्रमविकास का स्वरूप है। यही परमशिव की अवस्था है। इसी स्थान में परासंविद्‌देवी का स्वरूप साक्षात्कार होता है। देवी पूर्णरूपा है, अपूर्णरूपा है। एक साथ दोनों है। यह अघटित घटना पटीयसी है। जब यह स्वाश्रित देवियों का उदय करती है प्रमाता, प्रमाण, प्रमिति आदि समस्त पदों का और सृष्ट्यादि समस्त चक्रों का विकास करती है, तब यह पूर्ण कहलाती है। जब यह इन सब को आत्मलीन कर लेती है और केवलमात्र कालसंकर्षिणी नाम का चक्र अवशिष्ट रहता है, तब यही कृशा कहलाती है। इस परम स्थिति में क्रम नहीं है, न भोगपक्ष ही है, अर्थात् क्रमाक्रम का कोई सम्बन्ध नहीं रहता। क्रम विज्ञान देवी का क्रमविकास होता है। इससे यह प्रतीत होता है कि इस विकार के फलस्वरूप प्रमेयादि क्रमशः स्वयं संवित्तिरूप में भासमान होते हैं। यही जीव का पूर्णत्वलाभ है। अखण्ड संविद्‌रूपा मां, बोधरूपी सच्चिदानन्द परब्रह्म, अथवा परम शिव आगम में जीव की आत्मसाधना का परम लक्ष्य हुआ है, वह यही अवस्था है। महास्थिति में सभी रहते हैं, अथवा इससे रहना एवं न रहना में भी विरोध नहीं रहता। अत एव जीव, जगत् एवं ईश्वर सब का जो परम स्वरूप है, खण्ड या अखण्ड रूप में प्रकाश होने पर भी उनका अपना अपना वैशिष्ट्य यहां अक्षुण्ण रहता है। इस अवस्था में परम प्रकाश अखण्ड होने के कारण जितने अवान्तर भेद हैं, इसके साथ सब अभिन्न रूपेण प्रकाशित होते हैं। जीव की अनादि काल की त्रिताप ज्वाला इस पूर्णत्व में अवगाहन करने के बाद सर्वदा के लिए शान्त हो जाती है, वस्तुतः यही परम पद है।

निजानन्द प्रकाशानन्द मल्लिकार्जुन योगीन्द्र

म० म० पं० गोपीनाथजी कविराज, अध्यक्ष—योगतन्त्रविभाग, वा० सं० वि० वि० वाराणसी।

प्रायः पच्चीस वर्ष पहले मेरे एक मित्र अपने एक मित्र के व्यक्तिगत ग्रन्थागार से एक प्राचीन तन्त्र की हस्तलिखित पोथी देखने के लिए लाए थे। कुछ दिन के लिए वह पोथी मेरे पास रही। यह एक अत्यन्त प्रसिद्ध ग्रन्थ रहा। उसका नाम था 'श्रीक्रमोत्तम' अथवा 'प्रासादपरापद्धति'। यह चार उल्लासों में विभक्त श्रीविद्या की प्रसिद्ध पद्धति थी। इसके रचयिता ने अपना निजानन्द प्रकाशानन्द मल्लिकार्जुन योगीन्द्र नाम से उल्लेख किया था। आदि से अन्त तक यह पुस्तक हम पढ़ चुके थे। इससे हमको यह प्रतीत हुआ कि यह ग्रन्थ अत्यन्त उपयोगी है। यह ग्रन्थ केवल साधकों को ही उपयोगी नहीं, अपितु तान्त्रिक सम्प्रदाय के इतिहास की दृष्टि से भी अधिक उपयोगी प्रतीत हुआ। ग्रन्थकार साक्षात् नारायण के अवतार श्रीनृसिंह के शिष्य माधवेन्द्र सरस्वती के शिष्य रहे। डा० राजेन्द्र लाल मित्र की हस्तलिखित पुस्तकों की सूची में (Notices, vol. VII No. 2261) इस पुस्तक का विवरण दिया है। जिससे यह पता चलता है कि इस पुस्तक का रचनाकाल शकाब्द, १४३५ या १५१३ ख्रिस्ताब्द था। मैंने जिस पुस्तक का अवलोकन किया था, उसमें उसका लिपिकाल सं० १७३७ अर्थात् १६८० ख्रि० दिया था।

एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल में भी इस पुस्तक की एक प्रति है। (No. 6322) इसमें भगवान् श्रीशंकराचार्य की गुरु परम्परा दी हुई है। वह इस प्रकार की है—

शिव, विष्णु, प्रजापति, ब्रह्मा, वशिष्ठ, शक्ति, पराशर, व्यास, शुक, गौडपाद, गोविन्द, शंकराचार्य। इस ग्रन्थ में शंकर की शिष्य-परम्परा का नाम भी अपनी धारा के अनुसार दिया है—शंकराचार्य, विश्वरूपाचार्य बोधघनाचार्य, ज्ञानघन, ज्ञानोत्तम शिव, ज्ञानगिरि, सिंहगिरि, ईश्वरतीर्थ, नृसिंहतीर्थ, विद्यातीर्थ शिव, भारतीतीर्थ, विद्यारण्यगिरि, मलयानन्द, देवतीर्थ सरस्वती, यादवेन्द्र सरस्वती, कृष्ण सरस्वती, नृसिंह सरस्वती, माधवेन्द्र सरस्वती, निजप्रकाशानन्द।

इस पद्धति का नामान्तर है—गद्यवल्लरी (द्रष्टव्य—मित्र, भाग ७, २२६१)। इसका नामान्तर श्रीविद्यापद्धति भी है (द्रष्टव्य, बीकानेर काटलाग नं० १३५)। क्रमोत्तमपद्धति (विद्या १२६३), महात्रिपुरसुन्दरीपादुकार्चनक्रमोल्लास (इण्डिया आफिस, नं० २६००) यह सब इसी ग्रन्थ के नामान्तर प्रतीत होते हैं।

इस ग्रन्थ में सुन्दराचार्यपद्धति का उल्लेख है। यह सुन्दराचार्य ही जालन्धर वासी योगी सच्चिदानन्द हैं, जिनकी रचित ललिताचंनचन्द्रिका नाम की पुस्तक मध्य युग में अत्यन्त प्रसिद्ध रही। (द्रष्टव्य—मद्रास पी० आर० ३९६९ सीरियल नं० १८१८८)। लघुचन्द्रिकापद्धति नाम से एक संक्षिप्त पद्धति भी कहीं-कहीं देखने को मिलती है। इन सुन्दराचार्य के शिष्य थे प्रसिद्ध विद्यानन्दनाथ, जिनका पूर्वाश्रम का नाम श्रीनिवास भट्ट था। विद्यानन्द अपने गुरु के आदेश से काशी में आकर वास करने लगे, यह भी ज्ञात है। श्रीविद्यानन्द के शिष्य थे श्रीनित्यानन्दनाथ जिन्होंने दुर्वासा कृत त्रिपुरमहिम्नस्तोत्र की या देवीमहिम्नस्तोत्र की एक टीका लिखी थी। उनकी बनाई हुई ताराकल्पलतापद्धति नाम की एक किताब रही॥

इच्छाशक्ति

म० म० पं० गोपीनाथजी कविराज, अध्यक्ष—योगतन्त्र विभाग, वा० सं० वि० वि० वाराणसी।

योगी के आध्यात्मिक मार्ग में इच्छाशक्ति का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। आत्मा का अथवा परमेश्वर का अनन्त शक्तिप्रपञ्च, प्रसिद्ध शक्तिपंचक के अन्तर्गत माना जाता है, यह विलकुल ठीक है कि यह शक्तियाँ सामरस्य भूमि में एकाकार होने पर भी आन्तर तथा बाह्य विभाग के अनुसार अन्तरंग तथा बहिरंग रूप से वर्णन करने के योग्य हैं। इनमें बहिरंग शक्ति इच्छा, ज्ञान, क्रिया का रूप लेकर त्रिकोण के आकार में प्रकाशित होती है और अन्तरंग शक्ति चित् तथा आनन्द का रूप लेकर स्वरूपशक्ति के नाम से वर्णित होती हैं। स्वरूप रूप है सत्, अत एव सत् अथवा सत्त्व (सत्ता) स्वरूप की अन्तरंग शक्ति है। चित् और आनन्द संवित् और ह्लादिनी शक्ति कहलाती है। बहिरंग शक्ति पूर्वोक्त इच्छा, ज्ञान, क्रिया है।

इधर से देखा जाय तो प्रतीत होता है कि सत्त्व की स्वरूपशक्ति में भेद न रहने पर भी किंचित् वैलक्षण्य है। तदनुसार चित् है आन्तर और आनन्द है बाह्य। यह कहना नहीं होगा कि चित् का प्रसार ही आनन्द है, क्योंकि चित् शक्ति का स्फुरण न होने पर आनन्द का उन्मेष नहीं हो सकता। परन्तु आनन्द का स्फुरण न रहने पर भी चित् का स्फुरण रहता है।

दूसरी दृष्टि से आनन्द सुख वाचक नहीं है। आत्मा का अन्य निरपेक्ष पूर्णत्व ही आनन्द है।

स्थूल दृष्टि से विचार किया जाय तो पता चलता है कि आनन्द की सत्ता पूर्वसिद्ध न होने पर इच्छा का उदय हो नहीं सकता, क्योंकि आनन्द स्वरूपतः अक्षोभ्य होने पर भी जब तक उसमें स्वातन्त्र्य से क्षोभ उत्पन्न नहीं होता, तब तक इच्छा का उदय नहीं हो सकता। जिस स्थिति में आनन्द अक्षुब्ध तथा अक्षोभ्य रहता है, उसमें इच्छा के उदय की संभावना नहीं है। पक्षान्तर में यह अवश्य ध्यान रखने का विषय है कि इच्छा के न रहने पर भी आनन्द रह सकता है। परन्तु इच्छा निवृत्ति रूप आनन्द अथवा तृप्ति से इच्छा के अनुदय रूप आनन्द में अर्थात् शान्ति में वैलक्षण्य है।

इच्छा के उन्मेष से ही सृष्टि का उदय होता है। अर्थात् विश्व का आविर्भाव होता है, परन्तु स्थूल दृष्टि से यह प्रश्न हो सकता है कि यह इच्छा किसकी है? क्या यह योगी की इच्छा है? अथवा स्वरूप-प्रतिष्ठित आत्मा की इच्छा है। वस्तुतः यह इच्छा मूल में आत्मा की ही है। इच्छा के सामान्य तथा विशेष दो रूप हैं, यह स्मरण रखना नितान्त आवश्यक है। सामान्य इच्छा एक प्रकार से देखा जाय

तो निर्विषयक इच्छा है। यद्यपि यह इच्छा स्थूल दृष्टि से विषयहीन नहीं हो सकती, तथापि विशेषार्थ के अभाव से यह सामान्य कोटि में निविष्ट होने योग्य है। अर्थात् इच्छा है, किन्तु किस विषय की इच्छा है, यह अब तक स्फुरित नहीं है। इच्छा में ही प्रारम्भिक स्थिति में इच्छा का कर्म गुप्तरूपेण निहित है। सामान्य रूप से इच्छा का उदय होने से यह समझना चाहिये कि आत्मा की दृष्टि बहिर्मुख हुई। आनन्द दशा में दृष्टि अन्तर्मुख रहती है, अर्थात् आत्मा के स्वरूप में निविष्ट रहती है। जब दृष्टि बहिर्मुख रहती है, तब दृष्टि के सामने एक निर्विशेष सामान्य रूपी सत्ता प्रतिभासित होती है, जिसको कोई-कोई चिदाकाश या चिद्व्योम भी कहते हैं। वास्तव में यह चिदाकाश नहीं है, किन्तु यह आनन्द की ही पृष्ठभूमि की अवस्था है।

वस्तुतः चिदवस्था में आकाश है, आनन्द की अवस्था में भी है और इच्छा में भी है, परन्तु इन तीनों में परस्पर वैलक्षण्य है। यह बाह्यसत्तारूपी आकाश व्यापक सत्ता स्वरूप है, इसमें संदेह नहीं है और इच्छा का विशिष्ट विषयरूपी अर्थ उस व्यापक सत्ता में गूढरूप से विराजमान है, यह सत्य है। इच्छा का विशेष स्फुरण होने पर वह सत्ता बाह्य अर्थ रूप में प्रकट होती है। इसी को सृष्टि कहा जाता है। आचार्य गौड़पाद ने कहा है कि 'इच्छामात्रं प्रभोः सृष्टिः' (माण्डूक्य-कारिका) यह सत्य बात है।

सृष्टि शब्द से क्या समझना चाहिये? तान्त्रिक विशिष्ट परिभाषा के अनुसार बिन्दु से विसर्गभाव का उदय ही सृष्टि है। पक्षान्तर में विसर्ग की बिन्दुरूप में परिणति ही प्रलय या संहार कहलाती है। क्षेत्रमिति की दृष्टि से जैसा Point (बिन्दु) और Line (रेखा) का संबंध है, बिन्दु तथा विसर्ग का परस्पर संबंध भी ठीक इसी प्रकार का है। विसर्ग का अन्ततः अनन्त वैचित्र्य है। इसकी समालोचना यहाँ अप्रासंगिक है। प्रकारान्तर से कहा जा सकता है कि अर्थ के आविर्भाव में ही सृष्टि शब्द का मुख्य तात्पर्य है। अर्थ माने पदार्थ, अर्थ की समष्टि ही विश्व है, अर्थात् कार्य रूप जगत् है। चिदात्मस्वरूप में इस अर्थ अथवा विश्व चिदात्मा की सत्ता अभिन्न रूप से नित्य वर्तमान है। अर्थ अनन्त हैं और सभी चिदात्मा में अन्तः स्थित हैं, परन्तु जब आत्मा में इच्छा का उदय होता है, अथवा आत्मा इच्छा करती है, तब यह अर्थ बाहर प्रकाशित होता है। साधारणतया इसी को सृष्टि कहा जाता है।

अर्थ के बहिःप्रकाश शब्द से क्या समझना चाहिये? एक दृष्टि से बहिःप्रकाश के अनुरूप इसका अन्तःप्रकाश भी है और अन्तःप्रकाश के ऊर्ध्व में इसकी जो स्थिति है, वही अर्थ का चिदात्मरूप है। इसी को शक्ति कहा जाता है। शक्ति दृष्टि में यह नित्य सिद्ध है। यह अत्यन्त स्थूल विश्लेषण है। किन्तु वर्तमान लेख के लिये यही पर्याप्त है।

कहा गया है कि अर्थ का बहिःप्रकाश ही सृष्टि है। वस्तुतः अर्थ का अन्तः-प्रकाश भी सृष्टि के ही आदिपर्व के अन्तर्गत है। इसकी सूचना भी दी गई है। विश्लेषण-समर्थ योगी इन दोनों प्रकाशों को पृथक्रूप से ग्रहण करते हैं। इनमें अन्तःसृष्टि ज्ञान का खेल है, एवं बाह्यसृष्टि क्रिया का खेल है। दोनों के मूल में इच्छा का उदय माना जाता है। अर्थात् इच्छा ही वीज रूपी भाव-सत्ता का प्राकट्य माना जाता है। इच्छा की अतीत अथवा ऊर्ध्व की अवस्था, अर्थात् जब कि इच्छा का उदय भी नही हुआ है, कहीं आनन्द को अवस्था कही जाती है, जहाँ वीज भी नहीं रहता है। आनन्द के क्षुब्ध होने पर इच्छा का उदय होता है, अर्थात् वीज का उन्मेष होता है। अर्थात् इच्छा की निवृत्ति होने पर आनन्द-स्वरूप का प्रकाश होता है। अतः मूल में उपनिपदों में भी आनन्द को ही सृष्टि का मूल माना है। द्रष्टव्य—"आनन्दादेव खल्विमानि भूतानि जायन्ते"।

इच्छा-भूमि में बीज सत्ता है, यह कहा गया है। यह एक अत्यन्त कठिन तत्त्व है, जिसका समाधान शुद्ध बुद्धि से हो सकता है। यह बीज ही आकार, आकृति (Form) (Idea) है। यह स्मरण रखना चाहिये कि यह आकार निरवयव है। आनन्द अवस्था में यह निर्वीज है। इच्छा की दशा में यह बीजरूप होकर प्रकाशित होता है। एक प्रकार से किसी-किसी की दृष्टि के अनुसार यह भाव कहा जा सकता है। ज्ञान की भूमि में इसका अन्तःप्रकाश होता है। यह Idea का ही अर्थात् भावात्मक ज्ञान का ही वहिर्मुख भाव है। ज्ञान ही यहाँ पर साकार है। ज्ञान से पृथक् ज्ञेय कुछ नहीं है, ज्ञान ही एकाधार में ज्ञान होते हुए ज्ञेय भी है। अर्थात् ज्ञान साकार और स्वाकारविषय स्वयं है। दृष्टान्त के रूप में एक फूल लिया जाय, बीज अवस्था में यह फूल भावमात्र है। यह भाव अव्यक्त, किन्तु साकार एवं निरवयव है। परन्तु ज्ञान की भूमि में यह आकार व्यक्त है। अर्थात् ज्ञान में प्रकाश मात्र है, परन्तु अपने में ही अपना प्रकाश है। दूसरे के निकट इसका प्रकाश नहीं होता, अर्थात् इसमें बाह्य सत्ता नहीं है और यह इन्द्रिय गोचर नहीं है। यह विभिन्न प्रमाताओं के दर्शन का विषय भी नहीं है। ध्यानज दर्शन, स्वप्न-दर्शन इसी श्रेणी का है। यह व्यक्तिगत असाधारण दर्शन है। ज्ञानमय आकार का अन्तःप्राकट्य है। पूर्वोक्त अर्थ का अन्तःप्रकाश है। भौतिक इन्द्रिय ग्राह्यरूप में प्रकाश ही सृष्टि है। यह क्रिया-शक्ति का विषय है। अन्तःप्रकाश अथवा ज्ञानाकार प्रकाश जैसे इच्छा का फल है, उसी प्रकार भौतिक रूप में बाह्य प्रकाश भी इच्छा का ही अन्तिम फल है।

यह जो साकार रूप में अर्थ का प्रकाश (As an Idea) है, इसको योगी की सृष्टि नहीं कहा जाता। ज्ञान की सृष्टि प्रातिभासिक है। क्रिया-भूमि की सृष्टि व्याव-हारिक है। ज्ञानाकार सृष्टि ही अन्त में बाह्य अर्थ रूप में प्रकाशित होती है।

प्रश्न हो सकता है कि जागतिक सृष्टि-व्यापार में जैसे हम निमित्त एवं उपादान की आवश्यकता का अनुभव करते हैं, क्या उसी प्रकार इच्छाशक्ति की सृष्टि की पूर्णावस्था में भी दोनों की आवश्यकता मानी जा सकती है ? क्योंकि बिना उपादान कारण बाह्य सृष्टि हो नहीं सकती। उत्तर में कहा जाता है कि—"योगीव निरुपादानमर्थजातं प्रकाशयेत्"। इसका तात्पर्य यह है कि शाक्त-दृष्टि में योगी परतत्त्व में विशाल एवं अद्वय भूमि में निविष्ट होने के कारण बाह्य सृष्टि के समय में अखण्ड निजसत्ता से ही कार्य का उपादान संग्रह कर लेता है, बाह्य प्रकृति से नहीं।

क्या बाह्य प्रकृति से उपादान संग्रह कर सृष्टि करना सम्भव है ? हाँ है। किन्तु किसी-किसी के मत में इस प्रकार की सृष्टि इच्छा-शक्ति अथवा योगी के सृष्टिरूप में वर्णित होने योग्य नहीं है। मेरे श्रीगुरुदेव इस प्रकार की सृष्टि को विज्ञान सृष्टि कहा करते थे। प्राकृतवर्षी योगी प्रकृति से उपादान लेकर अर्थ सृष्टि करते हैं। इसका नियामक है, उनकी अपनी इच्छा। यह भी ऐश्वर्य की सृष्टि है, किन्तु निमित्त एवं उपादान में अन्तर है। निमित्त में ऐसी इच्छा का उपादान है गुणमयी प्रकृति, परन्तु जिस योगी की स्थिति में अपने से प्रकृति की अलग सत्ता नहीं है, किन्तु एक अखण्ड सत्ता ही है, वहाँ पर निमित्त और उपादान के भेद का प्रश्न ही नहीं उठता। चिदात्मा के स्वरूप से इच्छारूपिणी शक्ति अभिन्न है। इसी प्रकार अपेक्षित उपादान भी अभिन्न है। पर-योगी की अवस्था इस प्रकार की होती है।

(२)

मेरे श्रीगुरुदेव इच्छा-शक्ति की सृष्टि और विज्ञान की सृष्टि नाम से दोनों प्रकार की सृष्टि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करते थे और उसका रहस्य समझाते थे। दोनों सृष्टि भौतिक इन्द्रिय ग्राह्य, व्यवहार योग्य, बाह्य स्थिर पदार्थ का आविर्भूत रूप है। इसका स्वरूप अस्थायी प्रतिभासरूप नहीं है, परन्तु दोनों की उत्पत्ति प्रणाली में भेद है। वस्तुतः व्यवहार-भूमि में योगी शब्द का प्रयोग विभिन्न स्थानों पर होने पर भी शाक्त दृष्टि से यथार्थ योगी वहीं है, जो अद्वय-भूमि में स्थित है। त्रिगुणात्मिका प्रकृति, माया, महामाया, यहाँ तक की चिच्छक्ति पर्यन्त समग्र सत्ता ही परम योगी के स्वरूप से अभिन्न है। यही स्वसत्ता योगी की इच्छा के अनुसार निमित्त तथा उपादान दोनों ही बन जाती है। इसी लिये इच्छाशक्ति की सृष्टि में बाहर से (कार्य का) उपादान का आकर्षण नहीं करना पड़ता। आत्मा ही अपने संकल्प के अनुसार तत्तत् पदार्थ के रूप में स्फुरित होता है। इस प्रकार की सृष्टि करने में योगी की आध्यात्मिक शक्ति की हानि होती है। अवश्य यह साधारण नियम है।

यदि योगी की इच्छा महाइच्छा का प्रतिफलन मात्र हो तो हानि का प्रश्न नहीं उठता। इसीलिये इच्छा करना, इच्छा होना इन दोनों में पार्थक्य माना जाता

है, किन्तु इस बात को मानना होगा कि दोनों प्रकार की इच्छा शक्ति-पदवाच्य है। श्री श्रीगुरुजी की परिभाषा में जिसका नाम विज्ञान-सृष्टि है।

विज्ञान-सृष्टि में भी इच्छा की आवश्यकता होती है, परन्तु उस इच्छा को इस दृष्टि में इच्छाशक्ति नहीं कहा जाता। उस इच्छा का कार्य त्रिगुणात्मिका प्रकृति से यथायोग्य उपादान का आकर्षण करके उसको स्थूल तक लाना है। पूर्व वर्णित विज्ञान-सृष्टि में उपादान विषय अपरोक्ष ज्ञान की आवश्यकता रहती है। इस प्रकार की सृष्टि में जिस प्रकार ज्ञान का उपयोग है, उसी प्रकार क्रिया की भी आवश्यकता है। यह उपादान दृष्टि के भेद से कहीं किसी का नाम तथा रूप से परिचित है और कहीं दूसरे नाम से इसका निर्वचन किया गया है। रश्मि, मातृका, परमाणु, तन्मात्रा–विभिन्न प्रस्थानों में विभिन्न-विभिन्न नामों का उल्लेख मिलता है। भर्तृहरि का वचन—"अणवः सर्वशक्तित्वाद् भेदसंसर्गवृत्तयः" भी इस उपादान को ही लक्ष्य में रखकर कहा गया है। इस मत के अनुसार कार्य के कारणभूत अवयवों का जो संस्थान है, उसका ज्ञान आवश्यक होता है। इन अवयवों में क्रम, मात्रा, पूर्वापर प्रभाव सब कुछ है। वैज्ञानिक सृष्टिकर्ता को इन सब का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। विज्ञान का यही ज्ञानांश है। इन उपादानों का मूल से आकर्षण करके क्रमशः विन्यास करना पड़ता है। विन्यास के माने हैं निक्षेप करना। अर्थात् रश्मियों को आकर्षण करके विशुद्ध सत्त्व अथवा शुभ्रसत्ता के ऊपर छोड़ना। ऐसा न करने से एक उपादान से दूसरे उपादान का परस्पर संयोग संघटित नहीं हो सकता, क्योंकि प्रत्येक उपादान क्षणमात्रस्थायी या क्षणभंगुर है। यह विन्यास की रचना क्रिया-शक्ति का खेल है। दृष्टान्त स्वरूप—वर्ण और पद में अथवा पद और वाक्य में परस्पर सम्बन्ध ग्रहण किया जाता है। जैसे नदी पद में न्-अ द्-ई यह चार अवयव हैं, जो कि निर्दिष्ट क्रम से रखे हुए हैं। यह जो क्रम है, इसको जानना ही वैज्ञानिक का अपेक्षित ज्ञान है। यही आकार का Formula है। इसके अनन्तर क्रिया का व्यापार होता है। जिसमें सबसे पहले, मूल से न् को आकर्षण करना पड़ता है। उसके अनन्तर अ का भी आकर्षण करना पड़ता है। साथ-ही-साथ दोनों की योजना भी करनी पड़ती है। यह योजन-क्रिया अत्यन्त कठिन है, क्योंकि प्रत्येक वर्ण ही आशुविनाशी है। न् उद्भूत होकर ही तिरोहित होने वाला है। अ भी ठीक इसी प्रकार का है। न् तथा अ का यौगपद्य है नहीं, तो योग किस प्रकार होगा? इसी प्रकार परवर्ती वर्णों में भी समझना चाहिये। इस कठिनाई को दूर करने के लिये अधिष्ठान के रूप में स्थायी शुद्धसत्त्व के रूप की आवश्यकता होती है। जिसके ऊपर प्रतिवर्ण को क्रम से निक्षेप करना पड़ता है। इस शुभ्र वर्ण का आधार के रूप में यदि ग्रहण न किया जा सके, तब किसी वर्ण के साथ किसी वर्ण का समाहार हो नहीं सकता। अतः क्रियाप्रयोग के समय एक-एक वर्ण का क्रम के अनुसार उसी आधार में आकर्षण करना आवश्यक है। अन्त तक

यही परिपाटी माननी पड़ती है। अर्थात् जब तक अन्तिम उपादान का उद्भव और स्थापन न हो, तब तक इस प्रक्रिया का अवलम्बन करना चाहिये। इसके प्रभाव से अर्थ का स्फुरण होगा। जब तक यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी, तब तक अर्थ का प्रकाश नहीं होता। मातृगर्भ में जैसे देह के अवयवों का संयोग होकर निर्माण होता रहता है, इसी के अनुसार यह भी है। अन्त में बाह्य स्फूर्ति होती है। मूल में यह उपादान अभिन्न होने पर भी शास्त्रीय दृष्टि के अनुसार भिन्न-भिन्न नाम से परिचित हैं, किन्तु प्रक्रिया एक ही है।

अत एव विज्ञान-सृष्टि में ज्ञान और क्रिया का परस्पर सम्बन्ध है। इसमें इच्छा का प्राधान्य नहीं है। ज्ञानयुक्त क्रिया की ही प्रधानता है। परन्तु इच्छा-शक्ति की सृष्टि में इच्छा ही प्रधान है। ज्ञान तथा क्रिया-भूमि का क्रमिक व्यापार गौण है और इच्छामूलक है। इस विषय पर अधिक आलोचना करना अप्रासंगिक है।

(३)

यदि परयोगी पुष्प की सृष्टि करें तो वह उनके आत्मस्वरूप से अभिन्न प्रतीत होगा। परन्तु विज्ञानवित् सिद्ध पुरुष यदि किसी पुष्प की सृष्टि करेगा तो वह पुष्प अपने स्वरूप से भिन्न प्रतीत होगा। विज्ञानवित् की सृष्टि इच्छा के प्रभाव से ज्ञान तथा क्रिया के अवलम्बन द्वारा विक्षुब्ध प्रकृति से उद्भूत एक परिणाम मात्र है। यह इच्छा, इच्छा-शक्ति नहीं है। यह क्रिया भी, क्रिया-शक्ति नहीं है।

इस विषय में सूक्ष्म वैचारिक दृष्टि डालना आवश्यक है। ज्ञानभूमि में जो पुष्प का भान होता है, वह ज्ञानाकार स्वसंवेद्य है। बाह्य अर्थ रूप भौतिक-सत्ता उसमें नहीं है। मानों ज्ञान ही पुष्प के रूप में है। उसका आकार ज्ञानमय है। परन्तु यह स्मरण रखना चाहिए कि ज्ञान के बाहर अज्ञान है। जब वह पुष्प ज्ञान-भूमि से स्खलित होकर अज्ञान में गिरता है, तब वह क्रियात्मक होकर मायिक तथा भौतिक रूप धारण करता है। उसी समय वह बाह्य-सत्ता रूप में परिगणित होता है। इस भौतिक सत्ता का उपादान वह स्वयं ही आकर्षण कर लेता है और इस आकर्षण व्यापार के अंश में त्रुटि नहीं होती। यह स्वभाव का नियम है। बीज भूमि में निक्षिप्त होने पर मिट्टी से, जल से, वायु से, सूर्य की किरणों से अपने उपादान का आकर्षण करके अंकुरित होता है, तथा क्रमशः विकसित होता है। यहाँ भी इसी प्रकार का नियम लागू होता है। यही वस्तुतः योनि-तत्त्व का रहस्य है। ज्ञानरूप पुष्प मायारूप अर्थात् क्रियारूप योनि में निक्षिप्त होने पर स्थूल रूप में परिणत हो जाता है। इसमें बहुत गम्भीर रहस्य की बाते हैं। परन्तु विशेष विवरण यहाँ अनपेक्षित है। निरवयव निराकार लिंग-ज्योति से सावयव साकार रूप का उद्भव होता है, यही शरीरपदवाच्य है। ब्रह्मसूत्रकार ने कहा है "योनेः शरीरम्" योनि शब्द से माया समझना चाहिये।

इच्छा-शक्ति की सृष्टि अर्थात् योगी की सृष्टि तथा विज्ञान की सृष्टि में एक मूलगत भेद लक्षित होता है। विज्ञान-सृष्टि का तात्पर्य यह है कि ईशित्व अथवा प्रकृति-वशित्व-सम्पन्न सिद्ध पुरुष की इच्छा से प्रकृतिरूप उपादान को क्रिया-कौशल से इच्छानुरूप आकार में परिणत करना है। विज्ञानवित् पुरुष योगी नहीं भी हो सकता। उसी प्रकार योगी अथवा इच्छा-शक्ति-सम्पन्न पुरुष विज्ञानवित् नहीं भी हो सकता, परन्तु यह सर्वदा स्मरण रखना चाहिए कि इच्छा-शक्ति और विज्ञान-वेतृत्व दोनों गुण एक व्यक्ति में हो सकते हैं। योगी की सृष्टि में बाह्य उपादान की आवश्यकता नहीं है। चिदात्मा स्वयं ही अहं होकर भी इदंरूपेण प्रकट होता है।[1]

शाक्त योगी को प्रकृति से बाह्य उपादान नहीं लेना पड़ता। वह अपनी आत्म-सत्ता के स्वातन्त्र्य से ही संकुचित होकर बाह्य सत्ता के रूप में अपने को स्फुरित करता है और उपादान का काम करता है। अर्थात् योगी की सृष्टि में अहं रूपी आत्मा ही अहं रूप में रहते हुए भी इदं रूपी पुष्प का आकार धारण करते हैं। यह केवल ज्ञान की भूमि में नहीं, अर्थात् मनोग्राह्य अन्तराभास रूप में नहीं, अपितु क्रियाभूमि में इन्द्रिय गोचर बाह्य सृष्टि रूप में भी होती है। यह बाह्य सृष्टि सर्वसाधारण जीवों के दृष्टिगोचर है। दूसरे प्रकार से कहा जा सकता है कि यह प्रातिभासिक सत्ता मात्र न होकर इन्द्रिय-गोचर एवं व्यवहार-गोचर त्रिकाल स्थायी बाह्य अर्थ के रूप में सृष्ट होता है। इच्छा-शक्ति की सृष्टि में ज्ञान-भूमि में जिस पुष्प का प्रकाश होता है, वह वस्तुतः पुष्प का आकार लेकर ज्ञान का ही प्रकाश होता है और आभ्यन्तरीय है, परन्तु भौतिक तथा बाह्य नहीं है। यह ज्ञानाकार पुष्प वस्तुतः ज्ञाता योगी का ज्ञाना-श्रित निजसत्ता का ही पुष्प रूप में स्फुरण है। जो केवल उस ज्ञानी का ही मनोग्राह्य अथवा कभी-कभी वशीकृत अन्य व्यक्ति के भी मनोग्राह्य है। वह साकार ज्ञान-विशेष है।[2] परन्तु यह स्मरण रखना चाहिये कि यह सृष्टि अर्थात् ज्ञानात्मिका सृष्टि साकार होने पर भी निरवयव है। जैसा दर्पण स्थित प्रतिबिम्ब प्रतीत होता है, यह भी प्रायः उसी प्रकार का है। दर्पण में प्रतिबिम्बित पुष्प पुष्पाकार होने पर भी वस्तुतः आलोकमात्र है, अथवा आलोकमात्र होने पर भी पुष्पाकार विशिष्ट आलोक

---

१. इस प्रसंग में सुरेश्वराचार्य की निम्नोक्त कारिका उल्लेखनीय है। श्रीशंकराचार्य कृत दक्षिणामूर्ति स्तोत्र के संदर्भ में लिखा है—"बीजाद् वृक्षस्तरोर्बीजं पारम्पर्येण जायते। इति शङ्कानिवृत्यर्थं योगिदृष्टान्तकीर्तनम् ॥ विश्वामित्रादयः पूर्वं परिपक्वसमाधयः। उपादानोपकरणप्रयोजनविवर्जिताः। स्वेच्छया ससृजुः स्वर्गं सर्वभोगोपबृंहितम् ॥ ईश्वरो-ऽनन्तशक्तित्वात् स्वतन्त्रोऽन्यानपेक्षया। स्वेच्छामात्रेण सकलं सृजत्यवति हन्ति च ॥" इसके अनन्तर एक कारिका में लिखा है कि ज्ञातृत्व और कर्तृत्व वस्तुतः उनका स्वातंत्र्य ही है। इच्छा-शक्ति का वैचित्र्य भी उनकी स्वच्छन्दकारितामात्र है।

२. योगाचारी साकार-विज्ञानवादी बौद्ध इसका रहस्य अच्छी तरह समझते हैं।

है, यह भी किसी-किसी अंश में उसी प्रकार का है। वस्तुतः यह अहं होने पर भी इदंरूपेण भासमान सत्ता विशेष है।

विशेष रूप से ध्यान रखने वाली बात यह है कि इस भूमि तक योगी में देहाभिमान नहीं है। परन्तु ज्ञान-भूमि से अवतीर्ण होकर जब योगी क्रिया-भूमि में अवतीर्ण होते हैं, तब वह आभासरूप वाह्य भौतिक इन्द्रिय-गोचर व्यवहार-जगत् के पुष्प रूप में परिणत होते हैं। सृष्टि इस परिणति का ही नामान्तर है। इच्छा में जो अहं रूप में रहा, ज्ञान में जो अहं होकर भी इदंरूपेण रहा, अब वह अहं से अर्थात् योगी को देह रूपी अहं से विभिन्न होकर उससे भिन्न पुष्प नामक पदार्थरूप में प्रकट होता है। यही मायिक सृष्टि का रूप है। इच्छा में अभेद, ज्ञान में भेदाभेद, क्रिया में भेद, यही क्रम है।

'मैं पुष्प चाहता हूँ' योगी की इस इच्छा में योगी की निज-सत्ता ही बीजभूत पुष्पात्मक है। इसके अनन्तर ज्ञान-भूमि में यह बीजात्मक पुष्प ज्ञान का आकार लेकर खिल जाता है। इस स्थिति में स्वयं ही ज्ञाता है और ज्ञान भी स्वयं है। इच्छा सम्पन्न योगी एक दृष्टि से ज्ञाता रूप में विद्यमान है और दूसरी दृष्टि से ज्ञानात्मक पुष्परूप से विद्यमान है। वह स्वयं ही अपने को पुष्परूपेण देख रहा है। इसके अनन्तर अपने से, अर्थात् ज्ञानांश से, अपने को अर्थात् पुष्पांश को पृथक् करता है। यही वाह्यार्थ-सृष्टि है।

प्रश्न हो सकता है कि ज्ञानाकार आन्तरिक सत्ता ज्ञान के बाहर प्रक्षिप्त होती है, अर्थात् आन्तर पुष्प को Project किया जाता है, तब प्रयोजन के अनुसार वह भौतिक उपादानों को आकर्षण करके स्थूल भाव प्राप्त करता है। इसमें भी क्रम है। गर्भाधान के अवसर पर मातृगर्भ में पितृविन्दु का निषेक होता है। इस निषेक के समय से प्रसव के समय तक वही विन्दु गर्भोदक में रहकर देह के आकार में परिणत होता रहता है। जब प्रसव होता है तो समझना चाहिये कि वाह्यरूप का परिग्रह ठीक-ठीक हो गया। क्रिया-शक्ति के व्यापार में अस्फुट, स्फुट, स्फुटतर, स्फुटतम चार अवस्थायें हैं। तदनुसार अस्फुट, स्फुट, स्फुटतर अवस्था वाह्य होने पर भी प्रसव के तुल्य अन्तिम वाह्य अवस्था नहीं है। प्रसव अवस्था ही क्रिया की स्फुटतम अवस्था है। इससे यह सिद्ध होता है कि अस्फुट से स्फुट और स्फुटतर अवस्था पर्यन्त भी अर्थ वाह्य होने पर भी इन्द्रिय-गोचर नहीं है।

जिसे गर्भ विज्ञान कहा जाता है वह वस्तुतः अस्फुट, स्फुट, स्फुटतर अवस्था का परिचायक है। यह योनिज सृष्टि का विवरण है। एक बात इस प्रसंग में कहना उचित प्रतीत होता है कि उसके अतिरिक्त अयोनिज सृष्टि भी है। इच्छा-शक्ति से ज्ञान-भूमि द्वारा क्रिया-शक्ति में अवतरण होता है, यह बात वस्तुतः योनिज तथा अयोनिज उभय क्षेत्र में सत्य है। ज्ञान-भूमि से झटका देकर साकार बीज को बाहर निक्षेप किया जाता है। अन्तराल की तीन भूमियों का अतिक्रमण करके बाहर आने

पर उस सृष्टि को योनिज सृष्टि कहा जाता है, किन्तु यदि ज्ञान-भूमि से ही तीव्र झटके (Jurck) के प्रभाव से साकार सत्ता स्फुटतम अवस्था में निक्षिप्त हो, तब उस स्थिति में जिस सृष्टि का आविर्भाव होता है, इसको किसी अंश में अयोनिज सृष्टि माना जाता है। यद्यपि इसमें भी ज्ञान-शक्ति का क्रिया-शक्ति में अवतरण है, तथापि इसमें योनि संसृष्ट मल का विशेष सम्बन्ध नहीं रहता। अतः यह प्रायः विशुद्ध सृष्टि कहलाती है। किन्तु सम्यग् विशुद्ध सृष्टि यह भी नहीं है, क्योंकि इसमें भी माया का किंचित् सम्बन्ध है। जब परम योगी किसी को स्थूल रूप में दर्शन देते हैं, वह स्थूल रूप के अनुरूप होने पर भी वास्तव में विलक्षण है। वह पञ्चेन्द्रियों के गोचर होने पर भी अर्थात् दृश्यस्पृश्यादि रूप में प्रकट होने पर भी वस्तुतः उसमें दैहिक उपादान देह, मांस, अस्थि प्रभृति कुछ नहीं रहता। वह प्रयोजन होने पर क्षणमात्र में अप्रकट भी हो सकते हैं।

यहां प्रसंगतः एक और तत्त्व का प्रकाश करना उचित मालूम पड़ता है। परम योगी अंशतः माया का स्पर्श किये विना स्थूल रूप में प्रकट हो सकते हैं। वह रूप स्थूल इसीलिये कहा जाता है कि वह साधक के इन्द्रिय गोचर है, किन्तु अत्यन्त विशुद्ध होने के कारण साधक की माया-मलिन इन्द्रियां उसका ग्रहण नहीं कर सकतीं, वह अपनी कृपा से तत्काल दर्शन देने अथवा व्यवहार करने के समय साधक के इन्द्रियों का शोधन कर देते हैं। उस समय माया से युक्त शोध है। इन्द्रियां से उस मायायुक्त शुद्ध रूप को ग्रहण कर सकते हैं। इसी प्रकार के देह को भक्तिशास्त्र में अप्राकृत विशुद्ध देह कहा जाता है। क्रमविशिष्ट साधारण प्रक्रिया में सब कुछ रहता है, अर्थात् प्रकृति से उद्भूत सभी उपादान रहते हैं। किसी पुष्प का निर्माण होने पर उसमें पुष्प की सभी कारण सामग्री विद्यमान रहती हैं। पहले ही कहा गया है कि यह उपादान इच्छा-शक्ति से उत्पन्न सृष्टि में योगी की आत्मा से प्रकट होते हैं। विज्ञान-समुद्भूत सृष्टि में इसका आविर्भाव त्रिगुणात्मिका प्रकृति से होता है। पूर्व स्थान में प्रकृति भी इच्छा के प्रभाव से अद्वय आत्मस्वरूप से प्रकट होकर यथायोग्य निर्माण कार्य में उपादानस्वरूप बन जाती है। द्वितीय स्थल में यह प्रकृति द्वैत विज्ञान-वित् योगी की आत्मा से पहले से ही पृथक् रही। यही रहस्य की बात है।

प्राचीन काल में पुराणों द्वारा मानस-सृष्टि, संकल्पजन्य-सृष्टि आदि की बातें सुनी जाती हैं। इस प्रसंग में सभी तत्त्वों का विचार करना चाहिये। यह भी प्रसिद्ध है कि ईसा (Jesus), गौतम बुद्ध प्रभृति योगियों का देह भी इसी प्रकार निर्मल रहा। देवकी से उद्भूत श्रीवासुदेव का भी शरीर इसी प्रकार का था। इन सब विषयों की आलोचना यहां अप्रासंगिक है। Immaculate conception का रहस्य भी आलोच्य है। इसी प्रसंग में निर्माणकाय, निर्माणचित्त का रहस्य भी आलोच्य है। इच्छा-शक्ति की सृष्टि से परावाक् शक्ति की सृष्टि विलक्षण है। इच्छा काम का नामान्तर है। जिस देह का उद्भव काम से है, वह अशुद्ध है। जीव मात्र का प्राकृतिक

देह (Natural Body) इसी प्रकार का है। पिता तथा माता के संयोग से इस देह का उद्भव होता है। परन्तु जिस देह का आविर्भाव वाक् से अर्थात् वागीश्वरी शक्ति से होता है, वह शुद्ध देह है। ख्रीष्टीय धार्मिक भाषा में उसको Spiritual Body कहते हैं। Saint Paul और विभिन्न आचार्यों ने Spiritual Body की बात कही है। आचार्यरूपी गुरु और इष्टदेवतारूपी शक्ति इन दोनों के संयोग से जिस देह का आविर्भाव होता है, वही अप्राकृत शरीर (Spiritual Boby) है। इस देह की प्राप्ति ही द्वितीय जन्म है। इसी को लक्ष्य करके कौलकस्तव में "विशुद्धज्ञानदेहाय त्रिवेदीदिव्यचक्षुपे" इत्यादि कहा गया है। सिद्धान्त शैवसम्प्रदाय का प्रसिद्ध बैन्दव देह इसी का नामान्तर है। यह मन्त्रमयी तनु है। श्रीमद्भागवत में "मन्त्रं मूर्तिममूर्तिकम्" कहकर इसी को इंगित किया है। तन्त्र साहित्य में इसका भेद भी दिखाई पड़ता है। बैन्दव देह बिन्दु अथवा महामाया से उद्भूत विशुद्ध देह है। परन्तु विशुद्ध होने पर भी यह अचित् है। अद्वैत तन्त्र में आत्मा के शाक्तदेह का भी पता चलता है। परन्तु वह अचित् नहीं पर शुद्ध चिन्मय है, एवं उसका चिदात्मा के साथ तादात्म्य रहता है। फिर भी वह देह है, क्योंकि साकार है।

एक बात यह है कि इच्छा अथवा काम से उत्पन्न देह का जैसा जन्म के अनन्तर क्रम-विकास है, उसी प्रकार वाग्जात अर्थात् वागीश्वरी के गर्भ से संभूत देह का भी क्रम-विकास है। काम-देह में विकार अथवा परिणाम होता है। जिसका अवसान मृत्यु में होता है। इसीलिए कविकुलगुरु कालिदास ने कहा है "मरणं प्रकृतिः शरीरिणाम्"। षड्भावविकार (जायते से नश्यति पर्यन्त) इसमें लगा हुआ है। यह देह काल के अधीन है। अतः कालाग्नि इसका ग्रास करती है। अग्नि एवं सोम के परस्पर संघर्ष पर ही समग्र विश्व का खेल निर्भर है। देह मात्र ही सोम की कला से उद्भूत होता है। काम-देह भी इसका अपवाद नहीं है। परन्तु स्मरण रखना चाहिये कि चन्द्रमा की सोलह कलाओं में से पंचदश कला कालचक्र के अधीन और परिणाम की जनक हैं, परन्तु षोडशी कला जो अमृतकला नाम से प्रसिद्ध है, वह काल से ऊर्ध्व में है, एवं परिणाम-शून्य है। कालाग्नि के साथ संघर्ष के प्रभाव से पंचदशकलासंजात काम-देह क्रमशः शुष्क हो जाता है।

कालरूपी अग्नि के द्वारा देहोपादान भूत सोम कलाओं का निःशेष पान करने पर देह का पतन हो जाता है। इसी का नाम मृत्यु है। किन्तु वागीश्वरी-संजात देह पंचदश कला से उद्भूत न होने के कारण वह वस्तुतः काल के अधीन नहीं है। यह कालाग्नि के संघर्ष के प्रभाव से क्रमशः उज्ज्वल होकर अपने नित्य स्वरूप में प्रतिष्ठित होता है। जब काल की समाप्ति हो जाती है, तब भी सोमकला अमृत होने के कारण अटूट रहती है। इसका फल यह है कि अन्त में अमृतकलामय देह ही रह जाता है। काल का अवसान हो जाता है। यही कालातीत अमृतदेह है।

कालाधीन प्राकृत देह जैसा मातृगर्भ में विकास प्राप्त होता है, कालातीत अप्राकृत वाग्जात देह अर्थात् गुरुदत्त काय भी मातृगर्भ में विकास प्राप्त करता है। मातृगर्भ अर्थात् इष्ट देवता का गर्भ समझना चाहिये। विकास पूर्ण होने पर यह प्रकट होता है। यही योगी के लिये सिद्धि की अवस्था है। उस समय सभी लोग जिनमें चक्षु का विकास है, उसको देख सकते हैं। सिद्धदेह का आविर्भाव होने पर उपासक जैसे मां का साक्षात्कार करते हैं, उसी प्रकार माता सन्तान रूपी साधक को देखती है। यही आश्रय तथा विषय का परस्पर आभिमुख्य है। अर्थात् उस समय एक तरफ से अप्राकृत देह है आश्रय, मां होती हैं विषय, दूसरी तरफ से मां है आश्रय और सन्तान रूपी साधक हैं विषय। गुरु उस समय कहां है ? वस्तुतः पिता ही पुत्र बन जाता है। इस स्थल में गुरु को ही शिष्य रूप में प्रकट समझना चाहिये। क्रमशः माता सन्तान के अधीन हो जाती है। अन्त में सन्तान के साथ एक हो जाती है। उसके बाद सन्तान भी नहीं रहती। केवल अखण्ड स्वयंप्रकाशरूपी सत्ता रहती है। यही योगी अवस्था है। अर्थात् इस अवस्था में गुरु, इष्ट और आत्मा एक या अभिन्न है। इस योगावस्था का प्रतीक है अधोमुख त्रिकोण, मातारूप योनि और उसका बिन्दु मायाधीश ईश्वर ऊर्ध्व मुख त्रिकोण, ब्रह्म योनि और बिन्दु परमेश्वर है।

यहाँ दो त्रिकोण परस्पर मिलित हैं, एवं दो बिन्दु भी मिलित हैं। जो इस अवस्था का अधिष्ठाता है, वही योगी है।

योगभूमि प्राप्त योगी की अर्थात् जिस योगी ने परम शिवावस्था प्राप्त की है, उनकी इच्छा ही शक्ति है। शिवसूत्र में इसी को उमाकुमारी कहा गया है। स्वातंत्र्य ही इसका स्वरूप है। विश्व का सृष्टि-संहार ही इसका खेल है। इच्छा दो प्रकार की है। साधारण जीव की स्थूल इच्छा है। यह सर्वत्र प्रसिद्ध है। यह शक्ति नहीं है। योगी की अप्रतिहत इच्छा ही शक्तिरूप है। भगवदिच्छा, योगीच्छा एवं पराशक्ति अभिन्न है। बाह्य तथा आन्तर दृश्य मात्र ही योगी का शरीर है। योगी के लिये दृश्य मात्र ही अहं इदंरूप से स्वांग रूप से प्रतीत होता है। अपने स्वरूप से पृथक् नहीं होता। इसी प्रकार योगी को अपना शरीर भी दृश्यरूपेण प्रतीत होता है। किन्तु पशु को अपना शरीर द्रष्टा रूप में प्रतीत होता है। अर्थात् योगी का अपने शरीर में अहं रूप नहीं रहता है। अत एव यह समझना चाहिये कि परा संवित् से इच्छा-शक्ति के प्रभाव से स्थूल प्रमेय-पर्यन्त समग्र विश्व का प्रसरण होता है।

यह जो इच्छाशक्ति की चर्चा की जा रही है, यह सत्य संकल्प पुरुष के सिद्ध संकल्प से भिन्न है। केवल इतना ही नहीं, संप्रज्ञात-समाधि से भी यह श्रेष्ठ अवस्था है। पातञ्जल सूत्र के व्यास भाष्य से यह पता चलता है कि इन्द्रलोक अथवा स्वर्ग में त्रिदशादि जितने देवता हैं, वे सब संकल्प सिद्ध हैं। यह लोग कामभोगी हैं और

अणिमादि सिद्धियों से सम्पन्न हैं। यह सत्य संकल्प हैं, किन्तु इनको ध्यान में भी अधिकार नहीं, समाधि तो दूर की रही। इसके बाद महर्लोक, जनलोक और तपोलोक में इनसे भी उच्चकोटि के देवता हैं। सर्वत्र ध्यान का अधिकार विद्यमान है। परन्तु समाधि-सिद्धि कहीं नहीं है। सत्यलोक में विभिन्न प्रकार के सिद्ध समाधि में रहते हैं। ध्यान से तत्त्वों का जय होता है। समाधि में पूर्ण शक्ति का विकास होता है, परन्तु पूर्ववर्णित इच्छा लोक-लोकान्तर-स्थित देव अथवा सिद्धों को नहीं रहती। पातञ्जल सम्प्रदाय सम्मत योगियों की स्थूल दृष्टि से चार श्रेणियां हैं—(१) प्रथम श्रेणी में जो योगी हैं, उनको प्रज्ञाज्योति कहा जाता है। इसके अनन्तर मधु अवस्था का उदय होता है। जिसमें परीक्षा होती है। जिस योगी में संग अथवा आसक्ति और संग अर्थात् गर्व नियन्त्रित हुए हैं, उनकी प्रज्ञाज्योति निर्मल हो जाती है। साथ ही साथ परीक्षा का अवसान हो जाता है। उस समय उस प्रज्ञारवि रूपी ज्योति से पंचभूत और इन्द्रिय दोनों को आयत्त किया जाता है। पंचभूत के नियन्त्रण से अष्ट-सिद्धि एवं काम-सम्पत् का उदय होता है। इन्द्रियों के नियंत्रण से मनोजवित्व आदि तथा मधुप्रतीक आदि सिद्धियों का उदय होता है। इसके बाद सिद्धियों का संहरण होता है और आत्मा शक्तियों के उपसंहार के अनन्तर अतिक्रान्तभावनीय स्थिति में आत्मस्वरूप के साक्षात्कार के सन्निहित होते हैं, मानों शुक्ल पक्ष के अनन्तर कृष्ण पक्ष का भी अवसान हो गया। पातञ्जल साधन-क्रम यहीं समाप्त हो जाता है। परन्तु आत्मस्वरूप में आत्मा की अन्तरंग शक्ति विद्यमान रहती है। यह विभूतियों के अनुरूप हेय-शक्ति नहीं है। इच्छा-शक्ति इसी अवस्था का महान् स्फुरण है।

इस प्रसंग में एक व्यावहारिक प्रश्न का समाधान किया जा रहा है। साधारणतः किसी के मन में शंका होती है कि योगी अपने लौकिक व्यवहार में इच्छा-शक्ति अथवा विज्ञान-शक्ति से बनाई वस्तु का व्यवहार कर सकते हैं या नहीं ? इसका एकमात्र उत्तर है कि योगी इस प्रकार अलौकिक शक्ति से निर्मित वस्तु स्वयं व्यवहार नहीं करते, परन्तु दूसरे को व्यवहार के लिये दे सकते हैं। प्राचीनकाल में यह नियम प्रचलित रहा। मिलिन्दपन्हो नामक पालि ग्रन्थ में कहा गया है कि योगी शक्तिशाली होने पर लौकिक प्रयोजन के लिये अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं करते। वहां लिखा गया है कि—सयं निम्मितं पञ्चमं न पठिसेवन्ति। इसका तात्पर्य है स्वयं-निर्मित वस्तु को अपने उपयोग में नहीं लाते। इसमें एक कारण बताया है कि "महतो जनकायस्य अनुकम्पाय" और दूसरा कारण यह है कि इसमें लोकापवाद होने की आशंका है। वर्तमान योगी सम्प्रदाय में भी यह नियम चालू है॥

अमरत्व साधना में तान्त्रिक और कौलिक दृष्टि

म० म० पं० गोपीनाथ जी कविराज, अध्यक्ष–योगतन्त्रविभाग, वा० सं० वि० वि० वाराणसी।

तन्त्रशास्त्र की आलोचना करने पर यह प्रतीत होता है कि प्राचीन समय में अमरत्व साधना के लिए दो प्रसिद्ध प्रक्रियाओं का उपयोग होता था। इनमें एक तान्त्रिक प्रक्रिया और दूसरी कौल प्रक्रिया है। यह कहना अनुचित प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि कौल प्रक्रिया की पृथक् रूपेण गणना की जा रही है। 'अमरत्व' शब्द से इस प्रसंग में दिव्य-देह की प्राप्ति समझना चाहिए। हमलोग जिस देह के साथ सर्वदा परिचित रहते हैं, वह जड़ देह है, जो पंच भूतात्मक पिण्डरूप है। यह देह काल के अधीन है, एवं परिणामशील है। जायते, अस्ति, विपरिणमते, वर्धते, अपक्षीयते एवं नश्यति यह छः प्रकार के भावविकार इसमें अनुस्यूत रहते हैं। अर्थात् जन्म के बाद ही इस देह में क्रमिक परिणाम होता रहता है और अन्त में इसका नाश होता है। इस देह की पृष्ठभूमि में लिंग-शरीर की सत्ता मानी जाती है और लिंग के अन्तराल में कारणदेह भी वेदान्तशास्त्र में माना गया है। यह सब देह प्रकृति से या माया से उद्भूत नश्वर देह हैं। यह सभी त्रिगुणात्मक हैं। इससे अतिरिक्त इनकी पृष्ठभूमि में वैन्दव देह अथवा महामायासंभूत देह विद्यमान है। जिसका विशेष विवरण सिद्धान्तशैव सम्प्रदाय के साहित्य में देखने में आता है। यह आगम साहित्य का ही एक विभाग है। वैष्णवों की दृष्टि से यह देह अप्राकृत विशुद्ध, सत्त्वमय देह है, जिसका वर्णन पांचरात्र आगम और तन्मूलक वैष्णव प्रस्थानों में मिलता है। इस देह को 'अप्राकृत' इसीलिए कहा जाता है कि इसमें प्राकृत गुणविशेष—रजोगुण तथा तमोगुण नहीं है, एकमात्र सत्त्वगुण है, परन्तु वह भी प्राकृत नहीं है। इसीलिए उसके साथ रज तथा तम का स्पर्श नहीं रहता। इसी कारण से इस देह को अप्राकृत कहा जाता है। प्राकृत देह त्रिगुणात्मक होता है। यह देह केवल सत्त्वगुण से रचित होने के कारण निर्मल और विशुद्ध माना जाता है। विशुद्ध सत्त्व सांख्य शास्त्र में नहीं है, परन्तु भगवान् पतंजलि ने प्रकृष्ट सत्त्व नाम से इसको ईश्वर की नित्य शुद्ध उपाधि के रूप में ग्रहण किया है। पातंजल योगियों का कथन है कि यह विशुद्ध सत्त्व शुद्ध होने पर भी अमित है, इसमें सन्देह नहीं है। शाक्त योगियों के अनुसार यह भी चिन्मय देह नहीं है। योगियों की दृष्टि से शाक्त देह ही चिन्मय देह है। वही यथार्थ अमर देह है, जिसको प्राप्त करने पर कालकृत परिणामों के ऊर्ध्व में स्थितिलाभ होता है। वही वास्तव में दिव्य देह है और नित्य है। उसकी प्राप्ति से ही अमरत्व की सिद्धि होती है। शाक्त योगियों का कथन है कि सूक्ष्म ध्यान से ही इस मार्ग में सत्ता का उन्मेष होता है।

परन्तु इसकी प्रक्रिया तान्त्रिक तथा कौलिक सम्प्रदायों में भिन्न-भिन्न है। उद्देश्य एक होने पर भी प्रक्रिया अंश में दोनों सम्प्रदायों में भेद है। सूक्ष्म ध्यान की एक प्रक्रिया तान्त्रिक सम्प्रदाय में प्रसिद्ध है और इसी प्रक्रिया का दूसरा स्वरूप कौलिक सम्प्रदाय में प्रसिद्ध है।

तान्त्रिक पद्धति

यह पद्धति स्थूल प्रक्रिया विशेष है। इस प्रक्रिया में सबसे पहले प्राणशक्ति का आश्रय लेना पड़ता है। जन्मस्थान या कन्द में स्पन्द-शक्ति से आविष्ट प्राण का सहारा लेकर गुदस्थान के संकोच-विकास के द्वारा सूक्ष्म प्राणशक्ति को जगाना पड़ता है। इस प्रकार उसको जगाना चाहिये कि मानो मन उस समय में इस व्यापार को निविष्ट होकर देख सके। मानसिक दृष्टि से इस व्यापार को देखना पड़ता है, जिसके प्रभाव से आवेश उत्पन्न होता है। इतनी क्रिया सम्पन्न होने के बाद कालाग्नि शक्ति का अवलम्बन करना आवश्यक है। इसके लिए दोनों पैर के अंगुष्ठरूप आधार में जाना पड़ता है। इसके अनन्तर परवर्ती कार्य का सम्पादन होता है। यह कार्य और कुछ नहीं है, किन्तु शक्तिस्पन्दरूप वीर्य को कन्दभूमि से प्राप्त करके पूर्वोक्त स्थान में क्षेपण करना चाहिये। यह समग्र क्रिया भावना द्वारा ही सम्पूर्ण करना उचित है। उस कार्य को अर्थात् शक्तिस्पन्द का अवलम्बन करके प्राणस्पन्दरूप क्रियाशक्ति को उस वीर्य से अभिव्यक्त करने के बाद तीव्र रूप से उसको उत्तेजित करना पड़ता है। उसके अनन्तर देह के केन्द्र स्थल में अर्थात् नाभि में उसकी प्राप्ति होती है। इस प्राप्ति का व्यापार इच्छा द्वारा सम्पन्न करना पड़ता है। अर्थात् संकोच क्रम से उत्थित ऊर्ध्वारोहण प्रयत्न द्वारा इसको पूर्ण करना पड़ता है। इतना हो जाने पर विज्ञान से अर्थात् भावना के द्वारा स्थिति को प्रकट करना आवश्यक है। इतना हो जाने पर देहस्थ ग्रन्थियों में भेद हो जाता है। गुल्फ, जानु, पेट, कन्द, नाभि इन सब ग्रन्थियों का भेद करना आवश्यक होता है। इस भेदक्रिया का नामान्तर वेध है। इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए ऊर्ध्व स्थित ग्रन्थियों पर आक्रमण करना पड़ता है। पहले मूल स्पन्द को आश्रय कर के चलना चाहिये। गुदस्थान का निरन्तर क्रम से संकोच और विकास करते हुए उस स्थान का निरोध करने पर मूल स्पन्द का आश्रय मिलता है। तान्त्रिक लोग जिस दिव्यकरण की चर्चा करते हैं, यह उसी का उपलक्षण है। इसके बाद इडा और पिंगला दो स्रोतों का त्याग करते हुए इच्छाशक्ति के अधिष्ठान के प्रभाव से मध्यप्राणरूपा शक्ति का आश्रय लेना पड़ता है। यह शक्ति मध्य मार्ग में निरन्तर चलती रहती है। अन्त में सुषुम्ना नाड़ी का आश्रय करना आवश्यक है। इतना हो जाने पर इन्द्रिय-गोचर विषय-ग्राम से विरति का अभ्यास करना आवश्यक है। इस समय सब इन्द्रियों को अन्तर्मुख कर के अवस्थान करना पड़ता है। इसके अनन्तर विज्ञान से आगे का कार्य करने का अवसर है। इस विज्ञान में

माया का स्पर्श नहीं है। वस्तुतः प्रकाशानन्दात्मक ज्ञान ही विज्ञान है। इस ज्ञान के द्वारा अख्याति या अज्ञान का निर्मूलन करना पड़ता है। इस अवस्था में प्राणादि का प्राधान्य रूप अख्याति नहीं रहती है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य ब्रह्मादि कारणवर्ग का परिहार करना है। परन्तु यह व्यापार क्रम से होता है। यह सब कारण संवित्-स्वभाव है और सृष्टि, संरक्षण, संहारादि जागतिक व्यापारों से सम्पृक्त है। ब्रह्मादि का अधिष्ठान हृदय, कण्ठ प्रभृति स्थानों में माना जाता है। यह अधिकारिमण्डल है। परमेश्वर के पंच कृत्यों में एक-एक कृत्य को सम्पादन करने के लिए एक-एक पुरुष नियुक्त रहते हैं। इन अधिकारियों को क्रमशः त्याग कर मायादि ग्रन्थियों का भेद करना पड़ता है। इसी के साथ विभिन्न आकाशों का परित्याग करना पड़ता है। योग-मार्ग में पाँच आकाश प्रसिद्ध हैं। छः कारणों से एवं पाँचो व्योमों से ऊपर उठकर कुण्डल शक्ति को ग्रहण करना पड़ता है। इस कुण्डल शक्ति का पारिभाषिक नाम समना शक्ति है। यह कुण्डल शक्ति शून्यातिशून्य अर्थात् शिव तत्त्व से पृथिवी तत्त्व पर्यन्त समग्र विश्व को गर्भ में धारण करते हुए कुण्डल के रूप में अवस्थान करती है। यह बहुत उच्च अवस्था है। परन्तु इससे भी ऊपर उठना आवश्यक है। इस ऊर्ध्व गति में एक मात्र विज्ञान ही सहायक है। इतना हो जानेपर उन्मना अवस्था की प्राप्ति होती है, जिस अवस्था में अपना स्वरूप परमतत्त्वरूपेण प्रकाशित होने लगता है।

इस प्रक्रिया का सारांश यह है कि पहले प्राण-स्पन्द अथवा क्रियाशक्ति को जगाकर नाभि में प्रवेश करना पड़ता है। जिसमें नाना प्रकार की प्रक्रिया है। इसके बाद इड़ा और पिंगला नाड़ियों को छोड़ कर मध्य मार्ग में चलने वाली मुख्य प्राण-शक्ति अर्थात् ब्रह्म-शक्ति द्वारा सुषुम्ना नाड़ी का आश्रय करना पड़ता है। इसके प्रभाव से विषयों का उपरम हो जाता है और इन्द्रियवर्ग अन्तर्मुख हो जाते हैं। इन्द्रियों के अन्तर्मुख होने पर कारण वर्गों का त्याग हो जाता है और मायादि द्वादश ग्रन्थियों का भेद और पंच व्योम का अतिक्रम हो जाता है। इतना सिद्ध होने पर षट्कारणों के ऊपर जो समना अथवा कुण्डल-शक्ति है, उसी की प्राप्ति होती है। पहले ही कह चुके हैं कि इसी शक्ति में समग्र विश्व अन्तर्लीन अवस्था में रहता है। इतनी प्रक्रिया को समाप्त करने पर विज्ञान शक्ति द्वारा ऊर्ध्व में उठ कर उन्मना में प्रवेश होता है। इसी का नामान्तर है—परतत्त्वप्रवेश।

अब तक जो कुछ कहा गया, यह तान्त्रिक प्रक्रिया का विवरण है। परन्तु कौलिक प्रक्रिया इससे विलक्षण है। कौलिक प्रक्रिया शाक्तानन्द मार्ग में संचार का उपलक्षण है। दोनों प्रक्रियाओं में ही सूक्ष्म ध्यान की आवश्यकता होती है। कुल प्रक्रिया में परा चित्शक्ति को मध्यम प्राण में वहन करना पड़ता है। यह मध्यम प्राण ही सुषुम्ना स्थित प्राण-ब्रह्म है, जो आगम शास्त्र में उदान नाम से प्रसिद्ध है।

जिस समय प्राण तथा अपान इन दोनों वृत्तियों की निवृत्ति हो जाती है, तब उन्मना रूप से चिन्तन आवश्यक होता है। इस चिन्तन की प्रक्रिया प्राचीन शास्त्रों में प्रसिद्ध है। इसमें सब से पहले 'अहं-भाव' को लेकर देहादिप्रमातृभाव को शान्त करना पड़ता है। पूर्णाहन्ता के आवेश से ही यह कार्य सिद्ध हो सकता है, इसके लिए दूसरा उपाय नहीं है। देहादिप्रमातृभाव निवृत्त हो जाने पर तीव्रवीर्यसम्पन्न मूल-मन्त्र की सामान्य स्पन्द के रूप में भावना करनी पड़ती है। यह सामान्य स्पन्द परा शक्ति के साथ सामरस्यात्मक है और इसी लिये यह स्पन्दनात्मक है। मूल मन्त्र द्वारा अपने स्पन्द से प्राणादि को निवृत्त करने पर ही पूर्वोक्त स्पन्दभाव की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से मन्त्र-वीर्य की भावना समाप्त करके अपने अभिमान की आनन्द-चक्र में स्थापना करनी पड़ती है। इस आनन्द-चक्र का नामान्तर ही मूलाधार है। यह जो अभिमान की बात कही गई है, यह अपना असामान्य चमत्कार रूप वीर्य है। इनके लिये पहले ही परिमित अथवा परिच्छिन्न अभिमान को, जो कि प्राणादि देह को अवलम्बन करके खेलता है, शान्त करना पड़ता है। अब तक जो कुछ कहा गया है, यह है प्रारम्भिक क्रिया। इसके बाद सूक्ष्म योग का अवलम्बन करना पड़ता है। यह है वेध-क्रिया, जिसमें नादरूपी सूची की आवश्यकता होती है। यह सूची वस्तुतः मन्त्राधिष्ठाता के प्राण गत स्फुरण अथवा उन्मेष का नामान्तर है। इस वेधक्रिया में क्रमशः ऊर्ध्व मार्ग में आरोहण चलता रहता है। यह सूक्ष्म-योग का ही रूप है। इस प्रकार के सूक्ष्मयोग के द्वारा उन्मेष प्राप्त स्फुरत्ता उत्तेजित हो जाती है। मध्य मार्ग में आरूढ़ होकर षोडश आधार एवं द्वादश ग्रन्थियों का भेदन करना पड़ता है। इसकी प्रक्रिया कुलशास्त्र में विभिन्न स्थानों में उपदिष्ट है। इतना भेद होने पर भी वेध-क्रिया समाप्त नहीं होती, क्योंकि परम शान्त जो द्वादशान्त स्थान है, वह बाकी रह जाता है। द्वादशान्त को विद्ध करने के लिए पहले उसमें प्रविष्ट हो कर महामायापर्यन्त सब प्रकार के बन्धन को त्याग करना चाहिये और उसी स्थिर पद में अवस्थित होकर व्यापक नित्योदित पराशक्ति से सामरस्य भावापन्न जो परम शिव है, उनके साथ तादात्म्य लाभ करना चाहिये। इसके अनन्तर द्वादशान्त से हृदय के बीच में आपूरण करते हुए आकुंचन क्रिया करना आवश्यक है। इसके लिये भीतर में प्रसृत होने वाले मध्यम मार्ग का ही आश्रय लेना अत्यन्त आवश्यक होता है। अब तक हृदय में प्रवेश का विवरण हुआ। इसके अनन्तर हृदय से उच्छलित अमृत को विभिन्न दिशाओं में फैला देना चाहिये। यह अमृत तब अनन्त नाड़ी प्रवाहों में प्रसरण करता है। इससे देह को पूर्ण कर लेना चाहिये।

समग्र देह जब अमृत से पूर्ण हो जाता है और अमृत में जब बहिर्मुख वेग तीव्र हो जाता है, तब रोमकूप का आश्रय करके उस अमृत को विषय की तरफ रेचन प्रक्रिया द्वारा फैलाना चाहिये। इसमें ध्यान रखने की बात यह है कि किसी दिशा में अमृत संचार में विच्छेद न हो। इसी का नाम है—सूक्ष्म शाक्तानन्द ध्यान।

इस ध्यान की स्थिति में यह भावना करनी चाहिये कि समग्र विश्व इस आनन्द से आपूरित हो गया है। इस अवस्था तक स्थिति हो जाने पर योगी जरा तथा मृत्यु से मुक्त हो जाते हैं। अमरत्व साधना की यही कौलिक प्रणाली है।

यहाँ स्मरण रखना चाहिये कि प्राचीन काल में किसी-किसी प्रस्थान में तान्त्रिक तथा कौल प्रक्रिया का भेद माना जाता था। इस लेख में दोनों सम्प्रदायों की प्रक्रिया में जो भेद दिखाई पड़ता है, यह साम्प्रदायिक भेद का निदर्शन है। प्रत्यभिज्ञाहृदय में क्षेमराज ने प्रसंगतः इस भेद का परिचय दिया है, क्योंकि उन्होंने कहा है कि आत्मा के स्वरूप के विषय में आगम का प्रामाण्य मानने वाले सम्प्रदायों में किसी के मत से यह आत्मा विश्वातीत माना जाता है, इसको तान्त्रिक मत कहा गया है। मतान्तर में आत्मा को विश्वात्मक कहा गया है, यही कौलिक मत है। तीसरे मत में आत्मा को विश्वात्मक एवं विश्वातीत दोनों माना है, यही त्रिक मत है।

कालीविद्या कालीशक्तिश्च

श्रीरघुनाथपाण्डेयः, वरिष्ठानुसन्धाता, वा० सं० वि० वि० वाराणसी।

दश महाविद्याः

मन्त्रशास्त्रे पुंस्त्रीनपुंसकभेदेन त्रिविधं देवतास्वरूपं लभ्यते। मातृकावर्णेभ्य एव सर्वविधमन्त्राणामुत्पत्तिः। तदुक्तं शारदातिलके—

मातृकावर्णभेदेभ्यः सर्वे मन्त्राः प्रजज्ञिरे।
मन्त्रविद्याविभागेन त्रिविधा मन्त्रजातयः॥
पुंस्त्रीनपुंसकात्मानो मन्त्राः सर्वे समीरिताः।
मन्त्राः पुंदेवता ज्ञेया विद्याः स्त्रीदेवताः स्मृताः॥ (२।५७–५८)

विद्याश्चासंख्येयाः, तथापि तासु दशमहाविद्यानां प्राधान्यम्, तासामपि काली-ताराविद्ययोरत्यन्तं प्राशस्त्यं तत्र तत्र तन्त्रेषु वर्ण्यते। मुण्डमालातन्त्रे प्रथमपटले तासां नामानि—

काली तारा महाविद्या षोडशी भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा॥
बगला सिद्धिविद्या च मातङ्गी कमलात्मिका।
एता दश महाविद्याः सिद्धिविद्याः प्रकीर्तिताः॥ इति।

[1]तोडलचामुण्डातन्त्रयोरपि नाम्नां साम्यमेव। शक्तिसंगमतन्त्रे तु पूर्वोक्त-षोडशीकमलयोः स्थाने रमासुन्दर्योः संनिवेशः। मुण्डमालायां सिद्धिविद्यास्थाने मातङ्ग्या उल्लेखः, शक्तिसंगमे तु भैरव्याः सिद्धिविद्यात्वेन ग्रहणमिति विशेषः।

भैरवाः

यतः स्त्रीदेवतात्मकत्वं विद्यानामतस्तासामधिष्ठातारः शिवा भैरवव्यपदेश-भाजस्तत्तन्नाम्ना निर्दिष्टास्तन्त्रेषु। तद्यथा तोडलतन्त्रे—

(१) महाकालः, (२) अक्षोभ्यः, (३) शिवः (त्र्यम्बकः पञ्चमुखश्च), (४) त्र्यम्बकः, (५) दक्षिणामूर्तिः (पञ्चमुखः), (६) कवन्धः (शिवः), (७) ······(८) एकवक्त्रः (महारुद्रः), (९) मतङ्गशिवः (दक्षिणामूर्तिः), (१०) विष्णुश्च (सदाशिवः)।

---

१. म० म० प० गो० ना० कविराजमहोदयानां लेखात्—सरस्वती भवन स्टडीज, भाग ७।

शक्तिसंगमानुसारं २, ४, ५, ६, ७, ८, संख्यकभैरवाणां नामानि ललितेश्वरः, (त्रिपुरभैरवः), विकरालः (क्रोधभैरवः), महादेवः, कालभैरवः (घोरः), वटुकः, मृत्युञ्जय इति। तत्तद्भैरवनामभेददर्शनेन पर्यायसंभावनयैव समाधिर्न तु भैरवान्तर-कल्पनयेति न कोऽपि विरोधः। धूमावत्याः पतिहीनत्वान्न कोऽपि भैरवः। शक्ति-संगमे तु तस्या अपि कालभैरवो भैरवत्वेन स्वीकृतः। प्रथमभैरवो महाकालस्तु दक्षिण-कालिकया सम्बद्धस्तत्र।

आम्नायाः

उपासकानां रुचिभेदाद् मन्त्रशास्त्रे आम्नायाः षट् स्वीक्रियन्ते, पूर्वपश्चिम-दक्षिणोत्तरोर्ध्वानुत्तरभेदात्। सर्वा अप्येता विद्या आम्नायक्रमे विभक्ताः। तत्र काली-महाकाल्योस्तु उत्तराम्नाये समावेशो वाडवानलतन्त्रानुसारात्।

दशमहाविद्यासु प्रथमा काली

काल्या भैरवो महाकाल इति पूर्वमेवोक्तम्। महाकालस्याभिन्ना शक्तिः काली दशसु प्राथम्येन परिगण्यते।[१] उत्तराम्नाये—काली, तारा (कैश्चिद् भेदैः सह), भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, मातङ्गी, गुह्यकाली, धूम्रा, कामकलाकाली, महाकाली, महा-श्मशानकाली, कपालिनी, कालसंहारिणी, छिन्ना, महाभीमा, सरस्वती, महारात्रिः, तारायास्त्रयो भेदाः—योगेशी, सिद्धिलक्ष्मी, सिद्धिभैरवीत्येता विद्या वर्गीकृताः।

कालीप्रादुर्भावः

प्राणतोषिणीधृतस्वतन्त्रतन्त्रे—अवन्तिपुरे फाल्गुनकृष्णैकादश्यां महारात्रितिथौ काल्या आविर्भावः। सती (दक्षपुत्री) पार्वती (मेनकातनया) इमे अपि तस्या एव नामनी। कालीं समुपास्यैव विश्वामित्रो ब्राह्मण्यं प्रपेदे। मुण्डमालातन्त्रे कालीकृष्णयोः कालीषोडश्योश्चैक्यमुपवर्णितम्। प्राणतोषिण्यां १२४ तमे पृष्ठे काल्याः सुन्दरीरूपतया षोडशीरूपतया वा विवृतिमुद्दिश्यैका कथा वर्तते। तद्यथा—इन्द्रः कैलासवासिनं शिवं काश्चन अप्सरसः प्रेषितवान्। शिवस्ताः काल्याः सविधे कालीपुरं संप्रेष्य स्वय-मप्यनुजगाम। कृष्णवर्णां तामभिलक्ष्य शिवः कालीति तामाचचक्षे। एतच्छ्रुत्वाऽवमता सा सद्य एव गौरवर्णा समजायत। अत्रान्तरे देवर्षिर्नारदो दर्शनार्थमागतः शिवश्चो-त्तरमेरुं महाकालीं समुपसृतः। नारदः परिहासप्रसङ्गेन शिवस्योज्जिघृक्षां तस्यै संसू-चितवान्। तच्छ्रुत्वा साऽत्यन्तं सुन्दरं रूपं गृहीत्वा तत्सम्मुखमुपतस्थे। कापि मनोज्ञा आकृतिर्भवद्धृदि प्रतिबिम्बितेति सा शिवमुवाच। शक्तिं ध्यायतः शिवस्याविश्रब्धतां कलयन्ती सा भृशं चुकोप। शिवस्तामनुसन्धातुमुन्मुखीकृत्य तस्या ज्ञाननेत्रमुन्मी-लितवान्। मम प्रतिकृतिरेव शिवहृदयस्थेति ज्ञात्वा साऽत्यर्थमाश्चर्यहर्षाभ्यां चमत्कृता।

---

१. म० म० प० गो० ना० कविराजमहोदयानां लेखात्—सरस्वती भवन स्टडीज, भाग ७।

शिवस्तां शक्तिसुन्दरीति सम्बोधयन् पुर आविर्भावयामास। सुन्दरी, श्रीः, पञ्चमी, त्रिपुरसुन्दरी, ललिता, सर्वेऽमी पर्याया एव।

तस्याः पूर्णयौवनोद्भेदात् शिवस्तां षोडशीत्यपि ख्यापयामास। अस्या देव्या भेदा नामानि च पुरश्चर्यार्णवे वर्णितानि। ततो नव नामानि निर्दिश्यन्ते—(१) दक्षिणा, (२) भद्रा, (३) श्मशाना, (४) काल-(काली), (५) गुह्य-(काली), (६) कामकला, (७) घना, (८) सिद्धि-(काली), (९) चण्डी इति।

जयद्रथयामले—डम्बरकाली, गहनेश्वरी, एकतारा, चण्डशाबरी, वज्रवती, रक्षाकाली, इन्दीवरीकाली, धनदा, रमण्या, ईशानकाली, मन्त्रमाता—इत्येताः काल्यो निर्दिष्टाः। सम्मोहनतन्त्रे दशभेदाः कथिताः, किन्तु सप्तैव प्राप्यन्ते—(१) स्पर्शमणिः, (२) चिन्तामणिः, (३) सिद्धकाली, (४) विद्याराज्ञी, (५) कामकला, (६) हंसकाली, (७) गुह्यकाली इति। तत्र दक्षिणा भद्रकाली च दक्षिणाम्नाये परिगणिते। गुह्यकाली, कामकला, महाकाली, महाश्मशानकालीति चतस्रस्तूत्तराम्नायविद्यात्वेन निर्दिष्टाः।

काल्या उपासकाः

निष्कलो ब्राह्मणानां च द्वितीयं शृणु पार्वति।
(श० सं० २१।४)

तथा च महाचीनक्रमः सकलनिष्कलभेदेन द्विविधः। तत्राद्यो बौद्धैर्गृहीतो द्वितीयस्तु ब्राह्मणैः। सकलपद्धतौ शौचादेरपेक्षा नास्ति। तथा च चीनाचारविषये बुद्धवशिष्ठसंवादे बुद्धो वशिष्ठमाह—

अथाचारविधिं वक्ष्ये तारादेव्याः समृद्धिदम्।
यस्यानुष्ठानमात्रेण भवाब्धौ न निमज्जसि॥
स्नानादिर्मानसः शौचो मानसः प्रवरो जपः।
पूजनं मानसं दिव्यं मानसं तर्पणादिकम्॥
सर्व एव शुभः कालो नाशुभो विद्यते क्वचित्।
न विशेषो दिवारात्रौ न संध्यायां महानिशि॥

वस्त्रासन - स्थान - गेह - देहस्पर्शादिवारिणः ।
शुद्धिं नाचरेत्तत्र निर्विकल्पं मनश्चरेत् ॥
नात्र शुद्ध्याद्यपेक्षाऽस्ति न च मेध्यादिदूषणम् ।
सर्वदा पूजयेद् देवीमस्नातः कृतभोजनः ॥
महानिश्यशुचौ देशे बलिं मन्त्रेण दापयेत् ।
स्त्रीविद्वेषो न कर्तव्यो विशेषात् पूजनं स्त्रियः ॥

अर्थात् सकलाख्यचीनाचारे सर्वं स्नानादिककृत्यजातं मानसं भवति । तत्र सर्वस्य कालस्य शुभत्वात् समयादिविषयकनियमो नास्ति । अतः शुद्ध्यादेरपेक्षाया अभावः । कृतभोजनोऽपि देवीपूजनमधिकरोति । परन्तु ब्राह्मणैर्गृह्यमाणे निष्कलाख्ये महाचीनक्रमे शौचादेरपेक्षाऽस्ति । अतस्तन्त्रेषु प्रसिद्धस्य शिवस्यैव अक्षोभ्य इति नामान्तरम् । तथा शिव एव महायानेषु अवलोकितेश्वरः, तारा च तस्य शक्तिः । सा एव तारा शिवस्यापि शक्तिः । एवं चोभयोः सम्प्रदाययोरेवंरीत्या समानतायां न कमपि प्रतिबन्धकं पश्यामः । तथा चानया प्रणाल्या अक्षोभ्यस्य बुद्धत्वं सुतरां सिद्ध्यति । अक्षोभ्यस्य मन्त्रद्रष्टृत्वेन 'ऋषित्वं' क्षोभरहितत्वेन 'अक्षोभ्यत्वं' बुद्धस्य ज्ञानप्राप्तत्वेन बुद्धत्वं (ऋषित्वम्), अविचलासनमुद्रास्थितत्वेनाऽक्षोभ्यत्वम्, अत एव कामविकारशून्यत्वं बुद्धस्य, शिवस्यापि स्पष्टतया तत्र तत्र गीयते । एवं चाक्षोभ्यो बुद्ध इति, तारा प्रज्ञापारमिता सर्वोच्चबुद्धिरिति वा (The higest knowledge revealed to him) अस्ति ।

ताराया उत्पत्तिस्थानविषयकविचारः

"बुद्धिष्ट आइक्नोग्राफी" (Buddhist Iconograpy) लेखकेन श्री-गोपीनाथरावमहोदयेन ताराया दक्षिणदेशीयहिन्दुदेवीषु कथमप्युल्लेखो न कृतः, अतो दक्षिणदेशेन सह ताराया असम्बन्धात्, तत् तदीयमूलदेशत्वस्य कल्पयितुमप्यशक्यत्वात्, तन्त्रानुसारेण ताराया उत्तराम्नायसम्बन्धात्, सा निश्चयरूपेणोत्तरस्यां दिशि प्रादुर्भूता । एवं सति सा कुत्र प्रादुर्बभूवेतीदानीं विचार्यते । साधनमालायां यथापूर्वमुक्तमेक-जटास्तवनिर्मातुर्नागार्जुनस्य विषये–'एकजटासाधनं समाप्तम्, आर्यनागार्जुनपादैर्भोटेषू-द्धृतम्' इति दृश्यते । अत्र हि एकजटानुष्ठानप्रकारस्यार्यनागार्जुनपादैरुद्धारः कृत इति कथ्यते । उद्धृतशब्दस्य–'उद्–हृ हरणे' इत्यस्माद्धातोः क्तप्रत्ययान्तत्वेन निष्पन्नत्वात्, पूर्वप्रचलितस्यैव कालक्रमेण क्षीयमाणस्य पुनः स्थापनस्यैवोद्धारपदेनो-च्यमानत्वाज्ज्ञायते यदयमुद्धारो भोटेषु भोटमूलप्रदेशेषु कृत इति । तथा च एकजटा-देवीपूजकसम्प्रदाये कालक्रमेण क्षीयमाणे सति पुनरुद्धारः कृत इति कथनेनेत्थं ज्ञायते यत् तारोपासकसम्प्रदाय उत्तरस्यां दिशि भोटदेशे प्रागेवासीत्, तस्यैव नष्टप्रायस्य नागार्जुनेनोद्धारः कृतः । उपर्युक्तप्रमाणानुसारेण तारासम्प्रदायस्य भोटदेशीयत्वं सुस्पष्टम् । तत एव भारतवर्षे ब्रह्मणा प्रेषितो वशिष्ठश्चानयत् । स च देशो महाचीनो

वा भवतु चीनो वेत्यन्यदेतत्। वशिष्ठोऽपि वशिष्ठाख्यः सुप्रसिद्धो महर्षिस्तद्गोत्रो वा कश्चन ब्राह्मण इत्यन्यदेतत्। वशिष्ठविषये तारातन्त्रे रुद्रयामलादुद्धृता खल्वेका कथास्ति, यत्र ब्रह्मणोपदिष्टो वशिष्ठो वारत्रयं तारामाराधयत्। परन्तु सा न तुतोष। पश्चाच्छापं दातुमुद्युक्तं मुनिं तारा स्वयमेवाविर्भूय प्रावोचत्—'अहं चीनाचारेणैव प्रसन्ना भवामि' इति। एवं श्रुत्वा वशिष्ठश्चीनदेशं गतवान्—

ततो गत्वा महाचीनदेशे ज्ञानमयो मुनिः।
ददर्श हिमवत्पार्श्वे साधकेश्वरसेविते ॥

(तारातन्त्रोद्धृते ब्रह्मयामले, 2 पटले 2 श्लोकः)

जगाम चीनभूमौ च यत्र बुद्धः प्रतिष्ठितः।

(ता० तन्त्रोद्धृते रु० या० 17 पटले)

'साधकेश्वरसेविते हिमवत्पार्श्वे' इत्येतेन महाचीनदेशस्य हिमालयपार्श्ववर्तित्वं स्पष्टं प्रतिभाति। अपि च ब्रह्मयामलानुसारेण वशिष्ठः प्रथमं कामाख्यनामानं पर्वतं गतवान्, तत्र सफलतामप्राप्य ततश्चीनदेशमगमत्। एवं च चीनदेशो वर्तमान-चीनदेशस्यैकभागे 'तिब्बत'इत्याख्यप्रदेशो भोटदेशापरनामा भवितुमर्हति, यत्र च ताराऽधुनापि पूज्या लोकप्रिया चास्ति। नह्यत्र चीनपदेन वर्तमानस्यैव चीनदेशस्य ग्रहणं कर्तुं युक्तम्, तत्र तारासमुपासकसम्प्रदायस्य कदाप्यवर्तमानत्वात्। इत्थं च ताराया मूलस्थानं तिब्बतप्रदेश इति सुनिश्चितम्।

तिब्बतप्रदेशस्य तारामूलस्थानत्वेन निश्चीयमानत्वेऽपि कुत्र प्रदेशविशेषे सा प्रादुर्बभूवेति चेदानीं चिन्त्यते। स च प्रदेशविशेषो भारततिब्बतसमीप एव कश्चन भवितुमर्हति। स्वतन्त्रतन्त्रानुसारेण सा चोलनाख्ये महाह्रदे प्रादुर्भूता—

मेरोः पश्चिमकूले तु चोलनाख्यो ह्रदो महान्।
तत्र जज्ञे स्वयं तारा देवी नीलसरस्वती ॥

(Quoted in the Archaeological Survey Report of Mayurabhanja. by N. N. Basu, Vol. I, P. XXXIV.

[मेरोः पश्चिमकूलस्थचोलनाख्ये महाह्रदे भगवती नीलसरस्वती तारा प्रादुर्बभूव]

जम्बूद्वीपमध्यस्थः कश्चन पौराणिकः सुमेरुर्मेरुर्वा पर्वतोऽस्ति। डाक्टर ए० एच० फ्रान्के (Dr. A. H. Francke) महोदयमतानुसारेण (see Vol. XXXVIII of the Archaeological Survey of India, P. 61) मेरु-स्तिब्बततुर्किस्तानयोर्मध्ये स्थितोऽस्ति, यत्र च कतिपये बृहज्जलाशयाः (lakes) शोमोरिरिप्रभृतयः (Thsomo Riri and M. Thsod-kar) सन्ति। तेषां तटेषु प्राचीनमठा वर्तन्ते। इदं नाश्चर्यकरं यत् तत्रस्था धार्मिकजनास्तादृशजलाशयो-त्तीर्णताप्राप्त्यर्थं सहायकत्वेन काञ्चन देवीं प्रकल्प्य पूज्यत्वेनाङ्गीकृतवन्तः। डा० ए० एच० फ्रान्केमहोदयोऽग्रे लिखति यत्—खालत्से (Khalatse) सविधे सिन्धु-

दक्षिणतटे काचन पर्वतोपत्यका (Rock) अस्ति। तस्या अधोभागे 'तार'संज्ञकः कश्चन ग्रामोऽस्ति। तत्रत्यानां जनानामयं विश्वासो यद् भगवत्यास्ताराया (Sgrolma) एकविंशतिरूपाणि द्रष्टुं शक्यन्ते। तानि च रूपाणि स्वयंभूस्वरूपाणि सन्ति। ताराभिव्यक्तिस्थानत्वेन ग्रामस्याऽपि मूलतः 'तारा' इति नामासीत्। कालक्रमेण तस्यैव ग्रामस्य 'तार' इति संज्ञा सञ्जाता। इदं चातीव मोदावहं यदा वयं तत्र मेरुस्थानं प्राप्नुमः, यच्चेदानीं 'मिरुः' (Miru) इत्युच्यते। तत्र च लघुपर्वतशिखरोपरि कश्चन प्राचीनतमो मठोऽस्ति। तत्र चैको व्यापारमार्गोऽपि विद्यते। एतत् सर्वं 'मेरोः पश्चिमकूले तु' इति स्वतन्त्रतन्त्रोद्धरणमस्मान् हठात् स्मारयति।

उपर्युक्तप्रकारेणैतन्निश्चितं भवति यत् तारोपासनापद्धतिर्लद्दाखस्य पार्श्वस्थे प्रदेश एव कुत्रचिदादावारब्धा। एतद्विषये इतिहासोऽपि संवादयति। सर औरेलस्टेन (Sir Aurelstena) इत्यादयो वह्व ऐतिहासिकविद्वांसो महद्भिः प्रयत्नैर्वहुभिः प्रमाणैर्बौद्धधर्मप्रचारभूमिं तिब्बततुर्किस्तानप्रदेशे प्रतिपादयन्ति। फाहेन (Fahien, 399–415) सांग-यून-ह्वे-सेंगप्रभृतीनां (Song-yun, and Hwei-Seng A. D. 518–521) चीनयात्रिणां यात्रावृत्तान्तलेखा अप्यमुमर्थं द्रढयन्ति। ख्रिस्तीयसप्तमशताब्द्यां बौद्धधर्मोऽत्र सर्वोच्चस्थानं प्राप्नुवन् आसीत्। एकस्मिन् खोताने (in khotana) एव शतसंख्याका बौद्धमठा आसन्। तत्र च पञ्चशतपरिमिता बौद्धभिक्षवो भारतीयपवित्रधर्मग्रन्थाश्च प्रचुरमात्रायामासन्। अत एतज्ज्ञायते यद् बौद्धधर्मस्य मध्याह्नसूर्यः ख्रिष्टीयपञ्चमशताब्द्यामेव स्वीयं प्रकाशं तत्र विस्तारयामास। अस्मिन्नेव समये (युगे) ताराया उपासनाप्रकारस्तत्र प्रारब्धः। तारा लद्दाखप्रदेशात् शनैः शनैस्तिब्बतप्रदेशमागत्यातिप्रसिद्धिमाजगाम[1]। वेडेलमहोदय(Waddell)कथनानुसारेण विशुद्धमौलिकतारायाः स्तुत्यात्मकं 'धारणी'-रूपात्मकं वा परमप्रसिद्धं जनप्रियं च तिब्बतीयजनतायां प्रचलितं प्रारम्भिकपूजापुस्तकमस्ति। तस्य च 'स ग्रॉल-मैडकर स्नान-ग्यिब्स टॉड-पग्ज़ुन्स' (Sgrol-Madkar Snon-gyibs tod-pa gzuns) इति नामास्ति। परन्तु मूलतः सा आर्याणां मंगोलानां (of Mongolians) वासीदिति निश्चयेन वक्तुमशक्यं यद्यपि, तथापीदं तु निष्प्रपञ्चं यत्तदानीं तत्प्रदेशे आर्या निवसन्ति स्म। पश्चात्–उरल-अल्टेनजनैः (Ural-Altains) सह मिश्रणं सञ्जातम्। मूलतः सा न भारतीयेति तु निश्चितम्। (That she is not exactly Indian by birth seems to fairlly certain. see page 16 of origin end cult of Tara) नैपालदेशे तस्या जनतायां परमादराश्रयत्वाज्जनतामातृरूपत्वेनाभ्युपगम्यमानत्वात् तद्द्वारैव सा भारतवर्षं समागता।

---

१. See, Buddhism of Tibet (Lamaism), P. 339.

ताराया मौलिकं रूपम्

ताराशब्दव्युत्पत्त्या 'तॄ प्लवनतरणयोः' धातोरस्य शब्दस्य निष्पन्नत्वेनायमर्थो लभ्यते—या स्वभक्तान् जलाद् आपत्तेर्वा तारयति सा 'तारा' इत्युच्यते। यैर्नामभिः सा तिब्बतचीनकोरियाजापानदेशेषु प्रसिद्धा, तेषामयमेवार्थः प्रायस्तत्तद्देशीयैरङ्गीकृतः। इदमपि सत्यम्—यः कश्चनापि पौराणिको धर्मग्रन्थप्रतिपादितो वा देवः स स्वकीयभक्तान् आपद्भ्यो रक्षत्येवेति सार्वजनीनम्, तथापि प्रत्येकदेवताया विशिष्टं कार्यं भवति यदर्थं साऽऽहूता स्यात्। तद् यथा हिन्दुपौराणिककथासु दृश्यते—मृत्युञ्जयोपासनया शिवस्तन्मन्त्रोपासकाय दीर्घायुर्ददाति, अतो हि स आयुःप्राप्त्यर्थमुपास्यते। मङ्गलग्रहश्च ऋणापनयाय, शीतला महामारीनिवृत्तये समुपास्यते (for getting rid of small pox)। मोहम्मदीयसम्प्रदाये (Khwaja Khijir) ख्वाजाखिजिरस्यावाहनं स्तवनं वा जलीयापत्तिनिवारणार्थम्, अलीमुरतजा (Ali Murtaza) महोदयस्यावाहनं भयंकरापद्रक्षणार्थम्। तत्रासौ स्वभक्तान् स्वप्रभावेण रक्षति। तथा च 'तारा' अपि स्वभक्तान् समुपासकान् जलीयविपत्तेस्तारयति, तदुपासका वा तादृशदुःखेभ्यस्तीर्यन्तेऽनयेति 'तारा'। सर्वज्ञमित्रकथावर्णनावसरे भिक्षुश्रीजिनरक्षितो लिखति स्रग्धरास्तोत्रटीकायाम्—'सरसि निमग्ना भगवतीप्रभावात् स्वं स्वं देशमुपजग्मुः'। या च देवता जलात्तारयति तस्या जलेन सहातीव सम्बन्ध इति तु स्पष्टम्। अत एव तारा ब्रह्माण्डपुराणे ललितोपाख्यानावसरे—'नौकेश्वरी' नौकानां स्वामिनीत्युच्यते। यतो हि सा रत्नमयीं नौकामध्यास्ते। सा जलौघशमनक्षमाऽस्ति। जले निमज्जतो जनान् रक्षितुं प्रवृत्तानामसंख्ययोषितामधिष्ठात्री तारास्ति। तारापरिचारिकाणां रूपस्य सामुद्ररूपतुल्यवर्णनेन तत्र (ब्रह्माण्डपुराणे) इत्थं ज्ञायते यत् समुद्रतरङ्गिण्य एव तद्रूपत्वेन कल्पिता यासां च तारा नियन्त्री। (Their colour is the colour of the Ocean and apparently they are the personification of Oceanic Waves whom Tara controls. (on 17 Page of The origin and cult of Tara. Verily she is the goddess whose aid an adventurer will seek for when he goes out in search of wealth to distant lands plunging his boats in to the wide and deep sea)। यदा कश्चन साहसिकजनो नौकया दूरदेशं धनाद्यर्थं गच्छति, तदा यस्याः कृपया साहाय्येन वा स जलधिपारं प्राप्नोति सा 'तारा' इत्युच्यते।

यद्यपि तन्त्रेषु नौकाधिष्ठातृदेवतारूपेण सा वर्ण्यमाना प्रायो नोपलभ्यते, तथापि विशालविस्तृतजलराशिस्थकमलोपरिस्थितिसम्पन्नतया वर्ण्यमाना साऽमुमर्थं सूचयत्येव। तस्या आवाहनं तन्त्रानुसारेण शास्त्रार्थादिप्रातिभकार्यावसरे विलक्षणबुद्धिवैभवादिप्रदर्शनार्थं भवति। तस्याः कृपया विलक्षणा गद्यपद्यमयी वाणी निस्सरति। अत्रेदं तथ्यं यत् साधकाः शीघ्रकृपासमुपलब्ध्यर्थं तां पूजयन्ति, अतो नालन्दायामुपलभ्यमानमूर्तौ यो मन्त्र उपलभ्यते, सोऽपीममेवार्थं द्रढयति—

"ॐ तारे तु तारे तुरे स्वाहा"

त्वरा शीघ्रार्थकः शब्दः, तस्यैव 'तुरे' इति रूपान्तरम्। चालुक्यसम्राट् त्रिभुवनमल्लषष्ठविक्रमादित्यकालिक(A. D. 1096)समुपलभ्यमानशिलालेखस्था इमे श्लोका अपि प्रकृतमर्थमुपोद्वलयन्ति—

(क) हरिकरिशिखिफणितस्करनिगलजलार्णवपिशाचभयशमनि ।
शशिकिरणकान्तिधारिणि भगवति तारे नमस्तुभ्यम् ॥

(ख) पाथः पार्थिववह्निपूगपवनप्रख्यातभीत्याकुल-
प्राणत्राणविधानलब्धकरुणाव्यापारचिन्तातुरा ।
प्रोद्यत्तस्करसिन्धुसिन्धुरहरिव्यालादिशङ्कापहा
तारा तूर्णवितीर्णवाञ्छितफला पायात् सदा संगमम् ॥

(क) सिंहहस्तिवह्निसर्पचौरनिगडजलसमुद्रपिशाचजन्यभयविनाशिके
चन्द्रकिरणकान्तिधारिणि अयि भगवति तारे तुभ्यं नमः ॥

(ख) या नृपाग्निज्वालावायुजन्यभयग्रस्तप्राणिरक्षणपरायणा,
सिंहचौरजलगजादिभयविनाशिका च, अथ च या तूर्णमेवाभिलषितफलं वितरति सा सदा संगमत्राणं करोतु ॥

अत्र हि भगवत्यास्ताराया बौद्धमतप्रसिद्धाष्टभयेभ्यो रक्षिकात्वेन तूर्णफलप्रदातृत्वेन च प्रदर्शनं मन्त्रार्थं संवादयत्येव। अतस्तारा समुद्रादिजलजभयत्रातृरूपतया प्रधानदेवतेत्यत्र नास्ति संदेहलेशावकाशः। (I think it stands to reason that the composer of the prasasti thought Tara to be the chief deity concerned with the safe crossing of waters. The origin and cult of Tara, P. 18) बौद्धपौराणिकगाथानुसारेण मूर्त्तिकलायां प्रदर्श्यमानानि पोतविनाशभयसूचकचिह्नानि यावद्विपत्तिप्रतिनिधिभूतानि ताराया: पादतले दृश्यन्ते, एतावता भवसागरात् चतुरशीतियोनिरूपजन्ममरणचक्राद्वा तारा स्वभक्तान् रक्षतीति गम्यते, अत एव सा शाश्वतमोक्षप्रदा, अत एव तस्या अर्चनादिकं नहि केवलप्रेयःप्राप्त्यर्थमपि तु श्रेयःप्राप्त्यर्थमपि साधनमस्ति। इत्थं सा भवविमोचिनी सञ्जाता, जन्ममरणभवभयहारिणीत्वेन 'तारिणी' इति नाम्नोऽपि सार्थक्यम्। सा ज्ञानसमुद्रात् प्रादुर्भवति, ज्ञानार्णवमन्थनात् समुदिता, भवतापदुःखशमनी, सा वास्तविकज्ञानरूपा प्रज्ञापरपर्याया वा सैव खलु परनिर्वाणं ददाति, 'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः।'

इत्थं वयं ज्ञातुं शक्नुमो यत् सा चोलनामकमहाह्रदादाविर्भवति, जलाद् बहिर्भवत्कमलोपरि स्थिता चास्ति। सा अम्भसां वृद्धिं नियच्छति स्वभक्तांश्च जलार्द्रपूर्णतया रक्षति। सा तारिणी शक्तिर्या चाद्भ्यः पारं करोति। वस्तुतो यस्याः कृपया समुद्रयात्रा निर्विघ्ना भवति, अनया प्रणाल्या पूर्वोक्तस्वभाववशात् सा नौकेश्वरीत्वं

प्राप्नोति। मूलतस्तस्या आवाहनमनायासेन जलोत्तरणाय नौकानां महाह्रदात्तरणाय वा, यत्र तस्याः पूजापद्धतिः समुद्भूता। शनैः शनैः कालक्रमेण समयाऽतिक्रमे सा समुद्रपोतादियात्रावसरेऽपि वन्दनीयत्वादिकमाप्नोत्। ये पुनः संसारमुमुक्षवो भक्तास्तेषां कृते सा भवमोचनी संजाता। ते च संसारस्य रूपकतयाऽब्धित्वं विपदां चोत्तालतरङ्गत्वं मानवशरीरस्य नौकात्वं प्रकल्पयन्तस्तां भवार्णवोद्धारकर्त्रीत्वेनोपासन्ते। अस्मिन् विषये बौद्धगाथासु हिन्दुतन्त्रेषु च न कश्चन विरोधावसरः प्रत्युत समानतयाऽनुकूलतैव।

तारोपासनायाः प्रारम्भः

अथेदानीमैतिहासिकरीत्या ताराया उपासनापद्धतेः प्राथमिकप्रारम्भविषये किञ्चिद्विचार्यते। तारा मूलतो महायानबौद्धानां देवीत्यत्र नहि कश्चन विवादावसरोऽस्ति। सा बोधिसत्त्वावलोकितेश्वरस्य शक्तिरित्यपि सुप्रसिद्धम्। अस्य बोधिसत्त्वस्य सम्प्रदायः कदा प्रारब्ध इतीदानीं वक्तुं न शक्यते, तथाप्यद्यावधि समुपलब्धप्रमाणैरिदं तु निश्चितं यदस्य सम्प्रदायस्य ख्रिष्टीयशताब्द्याः प्रागस्तित्वं नासीत् (In all probability, it does not go back beyond the early centuries of christion era, page 19. The origin and cult of Tara.)।

इदं तु निश्चितं यन्मूलत आदाववलोकितेश्वरस्य काचन शक्तिर्नासीत्, यतो हि लक्ष्मणपुरविचित्रालये (In the Lucknow museum) प्रदर्श्यमानायामवलोकितेश्वरप्रतिमायां (Forth A. D.) तारायाः सम्बन्धलेशगन्धोऽपि नोपलभ्यते। (see memoir No. XI.)। अतो ज्ञायते यदीशवीयचतुर्थशताब्द्याः प्राक्तारा जनतायामज्ञाताऽऽसीत्। गान्धारदेशीये ग्रएकोसम्प्रदाये (Grarco-Buddhist school) अपि साऽपरिचिता आसीत्। तारास्तित्वज्ञापकानि सम्भवतः प्राचीनतमाकृत्यात्मकचिह्नानि नासिक–एलोरा–कान्हेरी(Nasik, Eilora, kanheri etc.)प्रभृतिबौद्धगुहासु यानि समुपलभ्यन्ते, तानि षष्ठशताब्दीमेवावरुन्धन्ति। इदं सर्वं पूर्वमुक्तम्। यदि च "आर्यनागार्जुनपादैर्भोटपूद्धृतम्" इत्यस्य साधनमालोक्तस्य प्रामाण्यम्, तदा तारापूजापद्धतेः ख्रिष्टीयशताब्द्याः प्रागस्तित्वमवश्यमङ्गीकर्तव्यं भवति। यतो हि नागार्जुनैस्तारासम्प्रदायस्य भोटपूद्धार एव कृतो न तस्य प्रारम्भः।

अपि च बुद्धसमये 'सङ्घे' योषितां प्रवेशप्रश्नविषये बुद्धो विरुद्ध एवासीत्। अत एवानन्दप्रार्थनया तदीयविमातृप्रवेशस्य यद्यपि बुद्धेनैवाज्ञा प्रादायि, तथाप्युद्घोषितं यद् धर्मः सङ्घो वा शीघ्रमेव नङ्क्ष्यति। सा घोषणा च सत्यैवाभूत्। यदि च बौद्धधर्मसंस्थापकस्य बुद्धस्य योषितां विषये ईदृशी कठोरतमा दृष्टिः, कथं नाम तस्मिन् धर्मे तदीयसमय एव तारादिशक्तीनां पूजापद्धतिरादरणीया स्यात्। गान्धार-

देशीय'ग्र-एको'संज्ञकबौद्धसम्प्रदाये यद्यपि कासाञ्चिद् देवीनामुपासनाविषयो वर्ण्यमानः समुपलभ्यते, तथापि तत्र तारायाः सर्वथैव स्थानं नास्ति, अतो ज्ञायते यत्ताराया उपासनापद्धतेस्तदीयोपासकसम्प्रदायस्य वा प्रादुर्भावः खिष्टीयपञ्चम-शताब्द्या अनन्तरमेवाभूत् । यदि चैवं तदा माध्यमिकसम्प्रदायप्रवर्तकनागार्जुन-सम्बन्धोल्लेख एकजटाख्यतारासम्प्रदायोद्धारकर्तृत्वेन तत्सम्प्रदायस्य प्रतिष्ठावर्धनार्थ-मेव कृत इति कल्प्यते ।

अतो बौद्धसम्प्रदायेषु शक्तिपूजा सम्भवतः षष्ठशताब्द्यां प्रारब्धा । अस्या विचारधारायाः प्रादुर्भावस्तिब्बतमंगोलप्रभृतिदेशेषु सञ्जातः, यतो हि तत्रत्या जना विचारयन्ति स्म यदि देवाः शक्तिविशिष्टाः पूजिताः स्युस्तर्हि प्रसन्ना भवेयुः । परि-णामतः प्रतिदेवमेका शक्तिर्निश्चिताऽभूत् । इयं च प्रणाली याब्यूमपदेन व्यपदिश्यते (Yabyum), इत्थं च पूर्वोक्तप्रकारेण 'यो चुंग' (Yuan Chuan) प्रभृतियात्रा-वृत्तान्तलेखानुसारेण च ज्ञायते यद् भोटदेशात् ताराया नेपालदेशे आगमनम्, ततो भारतवर्षे मगधादिदेशेषु तस्याः प्रचारः । तत्रापि नालन्दायां प्रधानशक्तिरूपेण पूज्या सा समभवत् । ततश्च कलिङ्गदेशे गता, ततो यवद्वीपादावपि तस्याः प्रचारः संजातः । खिष्टीयसप्तमशताब्द्यां यदा तन्त्राणां प्रचारसूर्यो मध्याह्नं स्पृशति स्म, तदा ब्राह्मणैरपि स्वधर्मे तां समानीय द्वितीयमहाविद्यारूपता तस्यै प्रदत्तेति ।

एवं हिन्दुतन्त्राणां बौद्धादितन्त्राणामाधुनिकानामैतिहासिकानां च दृष्ट्या ताराविषयका विभिन्ना विचारा अत्र प्रदर्शिताः । प्रथमं शक्तितत्त्वस्य श्रुतितन्त्र-पुराणादिप्रदर्शितं स्वरूपमुपवर्ण्य दशमहाविद्यानां प्रादुर्भावक्रमं समुन्मील्य तारायाः स्वरूपम्, उपासनाविधिम्, तस्या भेदोपभेदान्, महाचीनक्रमादिकं च विस्तरेण प्रतिपाद्य अक्षोभ्यतारासंबन्धो मतभेदेन युक्तिपुरस्सरं साधितः । अनया वाङ्मय्या पूजया दशमहाविद्यासु प्रथिततमा भगवती तारा प्रसीदतुतरामित्यलमनल्पजल्पनेन ॥

शिव-योग और षट्स्थल-सिद्धान्त

एन. एच. श्रीचन्द्रशेखर स्वामी, कनिष्ठानुसन्धाता, योगतन्त्रविभाग, वा० सं० वि० वि०, वाराणसी।

प्रस्तावना

शैव-शाक्त तन्त्रों की साधन-धारा को प्रामाणिक मान कर अनन्त प्रकार की साधन धारायें अपनी एक विशिष्ट प्रणाली का आश्रय करके विकसित हुई हैं, जिनका उपागम धारा के नाम से कहीं कहीं उल्लेख किया जाता है। वीरशैव सम्प्रदाय विशेषतया साधन-प्रधान है। इस साधन का लक्ष्य है—शिव-योग की प्राप्ति। शिव-योग की आलोचना के प्रसंग में संक्षेप में परमात्म-स्वरूप एवं सृष्टि-धारा की आलोचना करना अप्रासंगिक न होगा।

परमात्मा का स्वरूप

मूल स्वरूप को स्थल, महालिंग, परमशिव, शून्यलिंग इत्यादि नामों से कहा जाता है। वह एक अखण्ड वस्तु है, जिसके विषय में इदमित्थं रूप से कुछ नहीं कह सकते। किन्तु अनुभूति-दशा में जिस परम वस्तु का बोध होता है, उसको व्यक्त करना आवश्यक है। अतः जिसका आदि अन्त नहीं है, जिसे शून्य एवं निःशून्य भी नहीं कह सकते, ऐसी एक अवस्था मूल में माननी पड़ती है। जिसके केन्द्र में चेतनाचेतनात्मक समग्र विश्व उत्पन्न होकर लीन होता है, उसी को स्थल कहा जाता है। यह तत्त्व एक व्यापक, सच्चिदात्मक, निरन्तर नदनशील है। इसी को सूक्ष्म विश्लेषण की दृष्टि से सकल[1] एवं निष्कल कहते हैं। इसी को विश्वतश्चक्षु, विश्वतोबाहु कहा जाता है। विश्वतश्चक्षु और विश्वतोबाहुत्व ही विश्वात्मभाव है। योगीजन अप्रमाण, अगम्य आदि शब्दों से विश्वोत्तीर्ण अवस्था का संकेत करते हैं। अत एव सर्वशून्य निरालम्बलिंग, जो पहले संकल्प अथवा स्वातंत्र्ययुक्त भी नहीं था, वही स्वात्मलीला से अपने में उपास्य-उपासकभाव प्राप्त कर सृष्टिस्वरूप बन जाता है।

सृष्टि का सामान्य स्वरूप

मूल वस्तु जो पूर्ण है, जिसे सच्चिदानन्द स्वरूप कहते हैं, जिसमें मूल वस्तु स्वयं सृष्टि स्वरूप बन जाती है, तथापि यह परम वस्तु अखण्ड ही है। प्रपंच से

---

१. सकल निष्कल से युक्त होकर सकल भी तुम हो निष्कल भी तुम हो। विश्वतश्चक्षु विश्वतोबाहु तुम हो, कुण्डल संगमदेव (बसवेश्वर बचन)।

अतीत एवं जो विभाग रहित है, वह स्वयं विभागों को स्वीकार करके अपने आनन्द के लिये अर्थात् विनोदार्थ, लीला से, शिव-शक्ति के रूप को धारण कर लेता है। अनन्त वैचित्र्य या नानात्व इसका स्वभाव है। एक परम वस्तु दो हुये विना नाना कैसे बनेगी ? अत एव जिस प्रकार बीज पहले द्विधा विभक्त होकर पश्चात् विविध काण्ड, शाखा, पत्रादि से समन्वित महावृक्ष के रूप में परिणत हो जाता है, उसी प्रकार एक अखण्ड महालिंग से क्रमशः शिव-शक्तिमिथुन एवं उनसे अनन्त विश्व वैचित्र्य का निर्माण होता है। वही बाहर आकर अनन्त लिंग स्वरूपों में प्रकट होता है।

सृष्टि-क्रम

शिव-शक्ति के अनन्तर उनमें नाना बनने की इच्छा हुई, तभी अनन्त पिण्डों का सृजन हुआ। वस्तुतः परमशिव स्वयं जीवरूपी अभिनेता बनकर संसाररूपी आवरण पहनता है। स्थल, शून्य, निःशून्य, निरालम्ब एवं लिंगपदवाच्य पूर्ण वस्तु जीवावस्था को किस प्रकार प्राप्त करता है, इस विषय में वीरशैव मत साधारणतया शैवागमों की विचारधारा को स्वीकार करता है। जब यह निकले, तब उन्हें अपना स्वरूप विस्मृत हुआ। निद्रितावस्था से जग गये तो स्वप्नावस्था में अपने को परिच्छिन्न अवस्था में 'मैं अणु हूँ' यह बोध उत्पन्न हुआ। मैं अणुरूपी आत्मस्वरूप हूँ, एवं मैं परम सत्ता का अंशस्वरूप हूँ, इस प्रकार के बोध के पश्चात् मैं परम सत्ता से अलग हूँ, यहीं शुद्ध पिण्डाण्डस्वरूप का बोध है। जब काल एवं माया में अहंभान आया, अर्थात् काल एवं माया ही अपना स्वरूप हैं, इस बोध का उदय जब हुआ, अर्थात् अपने शुद्धस्वरूप को भी भुलाकर देहोऽहं कह कर मिथ्या पिण्ड में पिण्ड हूँ यह भ्रान्ति होने लगी, तभी माया-सृष्टि का आविर्भाव हुआ है। यही माया अपने संकल्प से प्राणादिकों की सृष्टि करती है।

पिण्ड अथवा पशुभाव

इस माया के प्रभाव में आने के कारण अब पशु कहलाने लगा। अर्थात् मिथ्यापिण्ड में क्रमशः ब्रह्मा (सत्त्व), विष्णु (रजस्), रुद्र (तमस्) रूपी त्रिगुणात्मक इस मायिक शरीर में 'मैं हूँ' इस प्रकार के बोध के कारण साधारण संसारी जीव बनकर भोगासक्त होकर कालचक्र में घूमने लगा। वस्तुतः यह जो जीवावस्था है, वह मूलस्वरूप के दृष्टि की लीला है। वस्तुतः मलसम्बन्ध ही जीवत्व है। जीव नाना किस प्रकार बन गये, इसके उत्तर में वीरशैवाचार्यों का कथन है कि एक ही तत्त्व जो शिव एवं शक्तियुक्त है, वह नाना बन जाता है और तब वह अनन्त अणु कहा जाता है। यही आत्माओं का स्वरूप है। यह अणु शुद्ध है। इन अणुओं

की इस सम्प्रदाय में 'पिण्ड' आख्या है। यह शुद्ध पिण्ड आगे चलकर माया और काल के अधीन बद्ध होकर जीव बन जाता है। अशुद्ध जीव की अवस्था गुरूपदेश के पश्चात् शुद्धि को प्राप्त होती है और तभी जीव निवृत्ति मार्ग पर चलने के लिये योग्य बनता है।

इस लेख में हम केवल शिवयोग साधना एवं उसका विशेष विवरण दे रहें हैं। इस प्रसंग में मूल वस्तु किस प्रकार जीव अवस्था तक आई, इसका विवरण देना उचित समझते हैं। परम वस्तु अपने आनन्द से जीव बन गया है।

अब प्रश्न इस बात का उठता है कि जीवावस्था प्राप्त कर अब जीवदृष्टि से अर्थात् अज्ञानता के कारण अपने स्वरूप को खोकर परिच्छिन्न बोध में है, इस बहिर्मुख भाव के कारण जो दुःख हो रहा है और जो पशुभाव उत्पन्न हुआ है, इस बन्धन से मुक्त होने का क्या रास्ता है?

एतत् सम्प्रदायगत सिद्धान्तों के सम्बन्ध में कुछ विमर्श करना अत्यन्त आवश्यक है। वस्तुतः अनन्तकोटि जीवराशि में इतने दुःख में पड़ने पर भी, अन्तर्मुखात्मक प्रवृत्ति क्यों नहीं होती? अन्तर्मुख प्रवृत्ति के लिये क्या कारण है? अन्तर्मुख प्रवृत्ति के कारण ही जीव में अपने भोग की परिसमाप्ति के बाद अन्तर्मुख प्रवृत्ति जाग्रत् होती है और तदनन्तर ज्ञानोदय होता है। विषयाभिमुख चित्त कब विषयों से विमुख होगा? इत्यादि प्रश्नों का उत्तर निम्नलिखित है—[1]आचार्य प्रभुदेव जी कहते हैं कि अन्तर्मुख होने के लिये विषयों से किसी प्रकार पराङ्मुख होने से अथवा संसार-ताप से दुःखी होकर अपने आप सजग हो जाना संभव है। वस्तुतः तीव्र संवेग ही इसमें कारण बनता है।

कर्मसाम्य एवं मलपाक

[2]प्राचीन आचार्य कर्मसाम्य एवं मलपरिपाक सिद्धान्त को मानते हैं। कर्म-साम्य का मतलब है कर्म का फल अवश्यंभावी है। अत एव जब तक कर्म में विषमता रहेगी, तब तक कृपा अर्थात् अन्तर्मुख गति सम्भव नहीं है। अत एव सत्कर्म और असत्कर्म दोनों कर्म जब सम हो जायँगे, तो पुनः नूतन कर्मों की उत्पत्ति न हो सकेगी। मलपरिपाक होने पर भी कृपा का अवतरण होता है। यद्यपि मलपाक काल-सापेक्ष है, अर्थात् मल के परिपक्व होने के लिये समय की आवश्यकता है; तथापि यह सामान्य नियम होने पर भी विशेष कृपा में मलपरिपाक का प्रश्न नहीं उठता।

---

१. प्रभुदेव वचन, गुरु का रूपस्थल, पृष्ठ ३८, व स० ५२

२. स्वकर्मपरिपाकेन प्रक्षीणमलवासनः।
शिवप्रसादाज्जीवोऽयं जायते शुद्धमानसः॥ (सि० शि० वी० शा० ५।५२)

कर्मसाम्य में पौरुष सहायक बनता है, क्योंकि भोग से विषय की निवृत्ति सम्भव है। अत एव प्रथमतः यह पिण्ड क्या है इस प्रकार की आशंका उदित होनी चाहिये। तभी गुरु का अन्वेषण प्रारम्भ होगा।

गुरुतत्त्व एवं गुरुकृपा

यथार्थ गुरु की प्राप्ति होते ही अर्थात् गुरुकरुणा होते ही साधना का द्वार खुलता है। अन्यथा साधना का अधिकारी ही नहीं बन सकता। श्रद्धा एवं विश्वास के साथ शिवयोगी गुरु का अन्वेषण करना पड़ता है। मनुष्य गुरुकृपा अथवा परम-शिव की कृपा के बिना इस पथ में आने की इच्छा नहीं कर सकता। यह बात मूल में ग्रहण कर लेना चाहिये।

मोक्षेच्छा का उदय और दीक्षा

गुरु जब यथार्थ दीक्षा देता है, तो कुण्डलिनी का जगरण प्रारम्भ हो जाता है। मायिक देहधारी गुरु जो सदैव सामरस्य स्थिति का अनुभव करके शिवयोग-लीला में लीन है, शिष्य को अष्टावरण मुक्त करके क्रिया-मार्ग की साधना प्रारम्भ कराता है।

उपास्य-उपासकभाव अथवा लिंगांग

दीक्षा से जिस शुद्ध स्वरूप को प्राप्त किया, वही शुद्ध स्वरूप अंग के नाम से प्रसिद्ध है। अत एव अंग एवं लिंग इन दोनों को उपास्यउपासकभाव के लिये जो भेद हो गया है, उसी अंग एवं लिंग के विधान में सामरस्य की प्राप्ति इस षट्स्थल का परम रहस्य है। जब लिंगांग सामरस्य अवस्था में रह कर अपना व्यवहार करता है, तब इसके व्यवहार को लिंग[१] 'लीलाविलास' कहा जाता है। इसकी दृष्टि में विश्व अपना स्वरूप है। यह सदैव विश्व को लिंगस्वरूप में देखता है, यही लिंगदृष्टि अथवा शिवदृष्टि कहलाती है। आरोहण एवं अवरोहण क्रम से प्रथमतः ऐक्य-स्थल तक जाकर अनुभव करने पर ही इसका विश्लेषण किया जा सकता है। अत एव षट्स्थल के अवतरण को समझना चाहिये।

लिंग एवं अंगगत शक्तियाँ

मूलतत्त्व जो स्थलपदवाच्य है, यह अपने लीलाविनोद से उपास्य एवं उपासक रूप धारण कर लेता है। उपास्य लिंग एवं उपासक अंग बन जाता है। यह द्वैविध्य युगपत् अभिव्यक्त होता है। यह ध्यान देने की बात है कि दोनों

---

१. अनुभवसूत्र, द्वि० अ० श्लो० १२, १९

शक्ति में रहते हैं। यह उच्चतम दशा है। वस्तुतः शक्ति पूर्णरूपेण शुद्ध स्वरूप वाली नहीं है, क्योंकि वह विकास क्रम को आश्रय करके विश्व स्वरूप बन रही है।

लिंग गत शक्ति एक दृष्टि से बहिर्मुख होने वाली शक्ति है, किन्तु अंगगत शक्ति जो भक्ति शक्ति कहलाती है, अंग के साथ है और शुद्ध स्वरूप वाली है। शुद्ध शक्ति ही ऐक्यावस्था तक भेजी जाती है। अत एव लिंगगत कलाशक्ति से अंगगत भक्तिशक्ति का अधिक महत्त्व है। यथार्थ दृष्टि से इस भक्ति एवं शक्ति में कुछ भेद नहीं है। जिस प्रकार महाज्वाला से अलग-अलग दीप जलाने पर अनन्त प्रकार के अलग अलग दीप दिखाई देते हैं, उसी प्रकार भक्ति एवं शुद्धदीप लिंग (ज्वाला में) है। भक्तिरूपी शुद्धदीप है और लिंगरूपी दीपक। जिस प्रकार ज्वाला में धूम्र रहता है, उसी प्रकार वासना रहने के कारण सृष्टि आदि का कारण बन जाती है। अत एव शक्ति को प्रवृत्तिपरक एवं भक्ति को निवृत्तिपरक कहा जाता है।

ऊपर चर्चित विषय का सरलता से बोध कराने के लिये यहाँ पर एक तालिका दी जा रही है—

- स्थल
  - लिंगस्थल
    - भावलिंग
      - (५) प्रसादलिंग
      - (६) महालिंग
    - प्राणलिंग
      - (३) शिवलिंग
      - (४) चरलिंग
    - इष्टलिंग
      - (१) आचारलिंग
      - (२) गुरुलिंग
  - अंगस्थल
    - योगांग
      - (५) शरण
      - (६) ऐक्य
    - भोगांग
      - (३) प्रसादि
      - (४) प्राणलिंग
    - त्यागांग
      - (१) भक्तस्थल
      - (२) महेशस्थल

- शक्ति
  - कलाशक्ति
    - चिच्छक्ति — शान्त्यतीतोत्तरकला
    - पराशक्ति — शान्त्यतीत-कला
    - आदिशक्ति — शान्तिकला
    - इच्छाशक्ति — विद्याकला
    - ज्ञानशक्ति — प्रतिष्ठाकला
    - क्रियाशक्ति — निवृत्तिकला
  - भक्तिशक्ति
    - समरसभक्ति
    - आनन्दभक्ति
    - अनुभवभक्ति
    - अवधानभक्ति
    - नैष्ठिकभक्ति
    - श्रद्धाभक्ति

भक्ति और भक्त

प्रवृत्ति एवं निवृत्ति को ही क्रमशः अवरोह एवं आरोह कहा जाता है। अवरोह क्रम में लिंग एवं अंग प्रथमतः तीन प्रकार से विभाजित होकर छः बन जाते हैं। इस आरोहण एवं अवरोहण क्रम से इनका क्रम की दृष्टि में कुछ फरक अवश्य पड़ता है। सिद्धान्त की दृष्टि से अवरोहण क्रम ही दिया जाता है। साधक आरोहण क्रम से अपने अनुभव को क्रमशः व्यापक बनाते हुये ऐक्य स्थल तक जब पहुँच जाता है, तो उसको शिवयोगी कहा जाता है। इसी अन्तिम प्राप्ति को अंग दृष्टि से ऐक्य एवं लिंग दृष्टि से महालिंग की प्राप्ति कहते हैं। वस्तुतः भक्ति द्वारा अंग भाव से ऐक्यस्थल तक,[१] अर्थात् अंगभाव में युक्त होकर भक्ति को पकड़ कर लिंग के साथ सामरस्य करते चलना ही लिंगांग सामरस्य कहलाता है। अंग अथवा साधक का कर्तव्य लिंगानुसंधान करना है। इस लिंगानुसंधान का प्राथमिक स्वरूप अन्तर्मुख प्रवृत्ति है और सद्भावों का उदय होना आवश्यक है। अत एव इनको सिद्धान्त शिखामणिकार[१] प्रथम स्थल के (भक्ति-स्थल के) अवान्तरस्थल मानते हैं। कुछ भी हो, भक्ति-स्थल के पूर्वभावी इस अनुभूति अथवा भाव के विकास के बिना साधक भक्ति-स्थल का अधिकारी नहीं बन सकता है। अत एव इन भावों पर जोर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि केवल क्रियात्मक दीक्षा प्राप्त करने पर ही वह यथार्थ रूप में भक्त स्थल का अधिकारी होगा यह बात नहीं, इसको आधुनिक[२] आचार्यगण अवान्तर स्थल न मानकर भक्त बनने के पूर्वभावी गुण ही समझते है, प्रथमतः जिसको इस सिद्धान्त में पिण्ड कह आयें है। पिण्ड का मतलब यह है कि प्रथमतः साधक को 'शरीर से आत्मा अलग है' यह बोध होना चाहिये। यह बोध वस्तुतः ज्ञानात्मक ही है। इतना ही नहीं, इस प्रकार का बोध उत्पन्न होते ही देह में जो आत्मबोध रहा, वह हट कर उसमें स्वाभाविकतया आत्मस्वरूप जिज्ञासा का उदय होने लगा। इसके फलस्वरूप इस संसार एवं विषयादि को गुरु प्राप्त होने पर असार एवं दुःखपूर्ण समझ कर इस परम तत्त्व का क्या स्वरूप है इस जिज्ञासा को लेकर अन्वेषण करने लगा। उस दशा में गुरु की आवश्यकता अनिवार्य हो जाती है, तब जाकर गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जिससे गुरु की करुणा जग जाती है। यह करुणा अन्तर्मुख भाव के बिना उदित नहीं होती है। अत एव आत्मविवेक ही

---

१. (१) पिण्डस्थल, (२) पिण्डविज्ञानस्थल, (३) संसारहेयकदीक्षास्थल, (४) लिंगधारणस्थल, (५) विभूतिधारणस्थल, (६) रुद्राक्षधारणस्थल, (पंचाक्षरी जप, भक्तमार्ग, गुरुवचन, लिंगार्चन, जंगमार्चन, गुरुप्रसाद, लिंगप्रसाद, जंगमप्रसाद), सिद्धान्तशिखामणि, परि० ५। २७

२. प्रभुदेव बसवेश्वर बचन इत्यादि।

कारण है, अर्थात् तीव्रसंवेग अथवा मलपरिपाक ही कारण है। वस्तुतः आत्मविवेक और देह से आत्मस्वरूप अलग है, यह बोध गुरुकरुणाजन्य है।

गुरुदेव कृपा करके [1]अष्ट आवरण एवं पंच आचार का उपदेश देकर अष्ट आवरण रूपी कंचुक पहनाते हैं। साधक के लिए आवरण रहस्य को समझना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि इन आवरणों में कुछ अन्तरंग और कुछ बहिरंग साधन हैं। बहिरंग साधन अन्तरंग साधन की तरफ ले जाते हैं और शिष्यभाव को जाग्रत् कर देते हैं। धारणा से अन्तरंग साधना प्रारम्भ होती है। अत एव सिद्धान्त-शिखामणि में अन्तरंग लिंगधारण के ऊपर जोर दिया गया है। अन्तरंग ज्योति-स्वरूप लिंगानुसन्धान करना चाहिये। [2]आधारादि स्थानों में विभिन्न वर्णों की धारणा एवं भ्रूमध्य में स्फटिक वर्ण के लिंगस्वरूप की भावना करने का उपदेश दिया गया है। इस प्रकार धारणा के साथ जपप्रक्रिया का आश्रय कर बोध का विकास करना पड़ता है। शुद्ध बोध, गुरु मे श्रद्धा एवं इष्ट में भक्ति सब मिलकर साधक को भक्ति-स्थल का अधिकारी बनाते हैं। भक्तिस्थल में प्रवेश करते ही शुद्धविद्या का उदय होता है। इसके उदय के फलस्वरूप भाव में परिवर्तन प्रारम्भ होता है। अत एव शुद्ध भाव का आश्रय कर साधक प्रथमतः पंच ज्ञानेन्द्रिय और पंच कर्मेन्द्रियों की लिंगमुखार्पण भाव से साधना करता है। अत एव इसके ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय वस्तुतः चैतन्य से अतिरिक्त कुछ भी ग्रहण नहीं करते। इस प्रकार जब अभेदात्मक भाव का उदय होता है, तब उसी अभेदात्मक भाव से परिपूर्ण स्वरूप की प्राप्ति होती है। यहाँ पर भक्ति भाव से सामरस्य तक का क्रमिक विकास का विचार किया जा रहा है।

षट्स्थल

भक्त, महेश्वर, प्रसादी, प्राणलिंग, शरण और ऐक्य यही षट्स्थल कहलाते हैं। भक्त स्थल से ऐक्यस्थल तक पहुँचना ही पूर्णत्व की प्राप्ति कहलाती है। इन छै स्थलों में पुनः अवान्तर विभाग शास्त्रों में दिखाये गये हैं। षट्स्थल के विवरण में 'सर्वं सर्वात्मकं' न्याय को ग्रहण किया जाता है। अर्थात् भक्तस्थल में ऐक्यस्थल और ऐक्यस्थल में भक्तस्थल विद्यमान रहता है। इस स्थल का दो दृष्टि से

---

१. (१) गुरु, (२) लिंग, (३) जंगम, (४) पादोदक, (५) प्रसाद, (६) विभूति, (७) रुद्राक्ष, (८) मन्त्र।

२. आधारे हृदये वापि भ्रूमध्ये वा निरन्तरम्।
ज्योतिर्लिङ्गानुसन्धानामान्तरं लिङ्गधारणम्॥
आधारे कनकप्रख्यं हृदये विद्रुमप्रभम्।
भ्रूमध्ये स्फटिकच्छायं लिङ्गं योगी विभावयेत्॥

(शि० सि० ६।१८–१९)

विचार किया जाता है। लिंगदृष्टि से अथवा उपास्यदृष्टि से। दूसरा अंग अथवा उपास्य दृष्टि से अवरोहण एवं आरोहण क्रम बनता है। इसका चरम काम है सामरस्य। अत एव सामरस्य से तात्पर्य है महालिंग स्वरूप की प्राप्ति। अपने अंगगत अस्तित्व को साधक एकाकार करके भी रखता है। यदि इस प्रकार स्वात्मस्वरूप को खोकर साधक एक हो जायगा तो रसास्वादन कौन करेगा ? अतएव वह सामरस्य अवस्था को प्राप्त करने पर भी अपने स्वरूप को नहीं भूलता। साधक को अपने स्वात्मस्वरूप में लिंगरूप से विश्व का भान होने लगता है। यही भक्त-स्थल के प्रवेश की अनुभूति है। वस्तुतः शुद्ध अनुभूति भक्त-स्थल से प्रारम्भ होती है। भक्त-स्थलका मतलब है जो जगत् को अपने से अलग देख रहा था, जो जीवावस्था में रहा, अब इसकी दृष्टि परिवर्तित हो गयी है, अत एव नाम, जाति इत्यादि एवं पूर्वजन्म का प्रश्न भी नहीं है, क्योंकि गुरुकृपा से शुद्धबोध का उदय हुआ। इसके फलस्वरूप साधक अपने शुद्धलिंगस्वरूप भक्ति-शक्ति द्वारा (श्रद्धा भक्ति से) अपने स्वरूप का विस्तार करके उपास्य स्वरूप लिंग से संयुक्त हो जाता है। यह जो संयोग है, वह एकात्मक संयोग है। इसमें क्रम रहता है। भक्त-स्थल में जो पूर्ण तत्त्व है, वह अपने भाव और योग्यता के अनुसार बोधित होता है, क्योंकि यह क्रममार्ग है। इसमें भक्तियुक्त साधक ने स्वात्मस्वरूप परम वस्तु, अर्थात् लिंग का जो संयोग अथवा सामरस्य प्रारम्भ किया था, अब वह प्रत्येक अवस्था में अर्थात् प्रत्येक स्थल में सामरस्य प्राप्त करते-करते अग्रसर होगा। अत्यन्त महत्त्व की बात यह है कि अंगभाव हटकर लिंगभाव होना आवश्यक है। शुद्ध भक्ति-शक्ति का स्पर्श करते ही साधक का भाव बिलकुल लिंग से एकाकार होकर अपने स्वरूपगत भक्तिसंयोग अवस्था प्राप्त कर और उन्नत स्तर पर पहुँच जाता है। इस प्रकार का अभ्यास करते ही बाह्य इन्द्रियभाव हट जाता है, एवं लिंगभाव अर्थात् चेतनभाव जग जाता है। इस स्थलगत साधना का चरम लक्ष्य है—ऐक्यस्थल प्राप्त करना। यह पहले ही कहा जा चुका है कि लीला के लिये ही एक तत्त्व दो बन कर अनन्त बन जाते हैं। सभी स्तरों में अपने शुद्ध आत्मा से अंगगत भक्ति के साथ लिंगानुभव किया जाता है। इसमें रहस्य की बात यह है कि आरोहण क्रम में लिंग ही लक्ष्य बनता है, एवं अवरोहण क्रम में लिंगगत शक्ति के आधीन रहने के कारण उसका लक्ष्य अंग तक विकास करना है। इसका मतलब यह है कि लिंगगत शक्ति के साथ शिव उपासक बन जाता है। अब अंगगत शक्ति पुनः अपनी भक्ति के बल से लिंग बन जाती है, एवं ऐक्यावस्था में यह लीलाभाव रहता है, अत एव इसको रसानुभूति मानने के कारण सामरस्य अथवा मिलित अवस्था कहते हैं। यह सामरस्य अथवा मिलन है। इसमें मिलित साधारण भाव को देखा जाता है, इसी प्रकार शुद्ध जीव अपनी व्यक्ति सत्ता से लिंग के साथ जब योग कर लेता है, तब लिंग में आलिंगन करने का कुतूहलभाव होता है। इस परस्पर आलिंगन को ही लिंगांगयोग

कहा जाता है। प्रारम्भ में दोनों अलग हैं, अर्थात् प्रत्येक स्थल में यहाँ अभेद अवस्था में कल्पित भेद रहता है। यह कल्पित भेद ही साधक अवस्था कहलाती है, एवं उस स्थल में जो संयोग है, वही सिद्धावस्था कहलाती है। इस प्रकार सामरस्य का अन्तिम लक्ष्य है महालिंग प्राप्ति, अथवा अपने को एक कर देना। अब प्रसंगतः प्रत्येक स्थल में यह विचार किया जायगा कि अंगभाव में लिंगभाव का किस प्रकार क्रमशः विकास हुआ। यह मार्ग अत्यन्त सूक्ष्म एवं अनुभूतिगम्य है।

दीक्षा की पूर्व दशा

पहले ही कह चुके हैं कि गुरुकृपा के बिना यह साधक भक्त नहीं बन सकता। जिसको गुरुकृपा प्राप्त नहीं हुई है, उसको इस सम्प्रदाय की परिभाषा में 'भवि' कहा जाता है। दीक्षा के पूर्व जो मायिक बन्धन में रहा, अर्थात् जो देह में कर्तृत्व अभिमान रहा, "मैं इस प्रकार का व्यक्ति हूँ" यह अब नहीं रहा, क्योंकि गुरु की कृपा एवं इष्टयोजन के फलस्वरूप भवि का गुणसम्बन्ध नष्ट हुआ, एवं काल का नाश हुआ। भक्त होते ही यह जो परिच्छिन्न अवस्था थी, अब अवस्था में आने के कारण विवेक ज्ञान के साथ ही माया से शुद्ध स्वात्मबोध का उदय हुआ। यह शुद्ध स्वात्मबोध अब शुद्ध स्वात्मस्वरूप नहीं है।

दीक्षा के पश्चात् स्वात्मबोध और भावजागरण

गुरुकृपा के द्वारा इसको अपने लिंगस्वरूप इष्ट के साथ जोड़ा जाता है। केवल शुद्ध आत्मस्वरूप बोध करने पर भी भक्त नहीं कहलाता, क्योंकि उसका आत्मस्वरूप में माया का सम्बन्ध हटाना ही पर्याप्त नहीं है। अपितु स्वात्मस्वरूप में भावशरीर की जागृति आवश्यक है। बिना भाव की जागृति के भक्त नहीं कहलाता। भाव जगाने वाली गुप्त शक्ति ही भक्ति-शक्ति कहलाती है। एक बात ध्यान देने की यह है कि इस मायिक शरीर में रहते हुये ज्ञानशक्ति द्वारा मायिक बोध का नाश करके स्वात्मस्वरूप में प्रवेश करना चाहिये। इस प्रकार शुद्ध अवस्था को प्राप्त करते ही उपासक बनने के लिये देह की आवश्यकता है और बिना देह उपासना संभव नहीं है। तब इस शक्तिस्थल अवस्था में यदि भावकाय का निर्माण नहीं हुआ तो भक्त नहीं कहलाता है।

प्रसादकाय या भावतनु

प्रभुदेव जी ने अपने अनुभूति में स्पष्ट रूप से कहा है कि बिना 'प्रसादकाय' भक्त नहीं बन सकता। यह प्रसादकाय ही शरीर या भावतनु कहलाता है। इसी को प्रसादकाय कहते हैं। इस भक्त के प्रसादकाय में ही लिंग, आत्मस्वरूप बन जाता है। अर्थात् आत्मा ही अंगरूपेण होकर शरीर बनता है। अत एव इस उपास्यउपासकभाव में दोनों का सम्बन्ध आत्मसंबन्ध कहलाता है, एवं यह आत्मलिंग की आत्मरूपेण

उपासना करता है। वस्तुतः गुरु शिष्य के कर्तृत्वाभिमान का नाश करके उसको शुद्ध अहंस्वरूप का बोध स्वयं कृपा करके कराते हैं।

[1]श्रीप्रभुदेव जी कहते हैं कि जिस प्रकार "पारस ताम्र को भी सुवर्ण बना देता है, उसी प्रकार अंगगत भोग अथवा सुख को लिंगभाव प्राप्त कर लेता है। अर्थात् अंग प्रसादकाय बनकर लिंगभाव प्राप्त कर लेता है। प्रसादकाय का भक्त-स्थल अवस्था में उदय होता है। यहीं काय में अब अहंबोध शुरू हो गया। यह प्रसादकाय अप्राकृत एवं भावमय चैतन्ययुक्त दिव्यदेह है। इसको काल और कर्म स्पर्श नहीं कर सकेगा, अर्थात् यह विकारी नहीं है। शुद्ध चैतन्यात्मक दिव्य देह है।"

अत एव सूक्ष्मागम में कहा गया है कि—'त्यक्त्वाऽभिमानं देहादौ भक्त इत्युच्यते बुधैः"। इस आगम वचन से यह स्पष्ट होता है कि भक्तस्थल का अधिकारी बिना मायिक देह में अभिमान हटाये नहीं हो सकता। यह मायिक देह का अभिमान हटाना ही भक्तस्थल का अधिकारी कहलाता है। उसमें गुरुकृपा से प्राप्त प्रसादकाय से भगवदाराधना शुरू होती है।

मायिक देह में जो अभिमान है, अर्थात् मैं इसी शरीर में हूँ, एवं यही देह मेरा स्वरूप है, यह बोध वस्तुतः स्वप्रयास से भी हट सकता है। केवल मायिक शरीर का बोध हटना ही पर्याप्त नहीं होता, क्योंकि मायिक शरीर से बोध हट जाने पर यह बोध और कहीं रहना चाहिये। अत एव गुरुप्रदत्त काया का बोध यहाँ आवश्यक है। यह भावतनु का बोध कहलाता है। गुरुकृपा से देहलाभ प्रथमतः हो जाता है। भक्ति-स्थल में धीरे धीरे स्वात्मबोध का विकास होते ही यथार्थ अहं बोध अपने भावतनु में होता है। [2]भक्तरूपी अंग के सामने जो अपना उपास्य है, उसको आचारलिंग कहा जाता है। भक्ति स्थल में साधना करने वाले साधक को मन्त्र, निरीक्षण, भजन, इलन, वेध इनका आश्रय लेना पड़ता है। इसके अभ्यास से साधक अपने में श्रद्धा भक्ति का विकास कर लेता है, तब वह महेश्वरस्थल का अधिकारी बन जाता है। यहाँ ध्यान देने की बात यह है कि जब साधक अंगस्वरूप में रहकर लिङ्ग का स्पर्श करता है, तो वह पुनः वियोग के समय लिंगस्वरूप बन कर अंगस्वरूप रहता है। अत एव प्रत्येक स्थल में साधक लिंगसंयोग के साथ

---

१. देखो लिंग का भोग हो सके और प्रसादकाय बन सके तो कभी भी भवकर्म का स्पर्श नहीं होगा। आदिप्रसाद के लिये बाधा नहीं है। न तो चन्द्रमा से पिघलेगा, न आतप से उत्तप्त। गुहेश्वर तुम्हारा शरण रसयुक्त पारस है। (प्रभुदेववचन, पृष्ठ ९३)

२. त्यक्त्वाऽभिमानं देहादौ मल इत्युच्यते बुधैः। (सूक्ष्मागमे ८। ३५)

लिंगभक्ति स्वात्मस्वरूप शक्ति बन कर पुनः ऊपर उठता है। जो साधक है, वह जिस माध्यम द्वारा लिंग स्पर्श करता है, उसको इस सम्प्रदाय में 'हस्त'[1] कहते हैं। यह एक पारिभाषिक शब्द है। अत एव अंग जब अपने हस्त से भक्ति के साथ अग्रसर होता है, तब लिंग मुख द्वारा संयोग कर लेता है। इस प्रकार महेश्वर स्थल में आ जाता है। इस स्थल में भी [2]अवान्तर स्थल हैं। इस अवस्था में साधक आचारलिंग स्वरूप बन कर अब भावदेह सम्पन्न हुआ है। किन्तु अभी भाव का उदय नहीं हुआ है। साधक ने अपनी निष्ठाभक्ति का विकास करके जिस भाव-तनु को पाया है, उसी से साधना करनी है। इस समय केवल जगत् का व्यापक भाव का अनुभव ही पर्याप्त नहीं है। यदि इस अवस्था में विश्व अष्टतनुमय है, एवं यह मेरा ही स्वरूप है, यह बोध यदि आ जायेगा, तो आगे प्रगति नहीं हो सकती। अत एव इन अनुभूतियों को छोड़ कर यह विश्व आत्मस्वरूप अथवा शिव-स्वरूप है, एवं चैतन्यमय शिवस्वरूप में सब कुछ भासित हो रहा है, इस प्रकार का अनुभव होना चाहिये। इस अवस्था में भावदेह का आश्रय करके कर्म प्रारंभ करता है, अत एव इसको महेश्वर अवस्था प्राप्त हो जाती है। अत एव इस अनु-सन्धान को सिद्धान्तशिखामणिकार कहते हैं कि—

भ्रमद्भ्रमरचिन्तायां कीटोऽपि भ्रमरायते।
शिवचिन्तासमाक्रान्तः शिवरूपी भवेद् ध्रुवम्॥

इस प्रकार भ्रमरकीटन्यायानुसार यह सम्मुखचिन्तन प्रारम्भ होता है। इस भाव कर्म के लिये गुरुप्रदत्त काया अत्यन्त आवश्यक है। जिस भाव में बैठ कर उपासना की जाती है, इसको 'अकाय'[3] भी कहा जाता है, क्योंकि यह मायिक काय से विलक्षण है। यह मायिक तनु की तरह विकारयुक्त नहीं है, यह सच्चिदा-नन्दस्वरूप है। इसको "परकाय'[4] भी कहा जाता है, क्योंकि यह मायिक काया के बोध से विलक्षण एवं सच्चिदानन्दस्वरूप शरीर है। इसमें रहकर जो आचार अथवा क्रिया की जाती है, उसी को धर्माचार भी कहा जाता है। इस अवस्था में पूर्ण जगत्

---

१. सुचित्त हस्त, बुद्धि हस्त, अहंकार हस्त, मनो हस्त, ज्ञान हस्त, भाव हस्त।

२. (१) महेश्वरप्रशंसास्थल, (२) लिंगशिष्टस्थल, (३) पूर्वाश्रयनिरसनस्थल, (४) अद्वैतनिरसनस्थल, (५) आह्वाननिरसनस्थल, (६) अष्टमूर्तिनिरसनस्थल, (७) सर्वगतिनिरसनस्थल, (८) शिवजगन्मयस्थल, (९) भक्तदेहिकलिंगस्थल।
(सिद्धान्तशिखामणि, परि० १० पृ० १६८)

३. भवागम स्थल, परि० १६–७०

४. सकाय स्थल, परि० १६–७०

स्वात्मस्वरूप में भासित होने लगता है। इसी अवस्था में महाज्ञान का उदय होता है। क्योंकि यहाँ साधक अपने भावतनु से अपने उपास्य को सम्मुख रखकर कार्य प्रारम्भ करता है। यह इस अवस्था में दिव्य योगी बन जाता है, किन्तु यह अवस्था गुरुलिंग युक्त अवस्था होने पर भी पूर्णतायुक्त नहीं है। इसमें एक ही शिवचिन्तनभाव रहता है। अत एव गुरु लिंगस्वरूप बनता है। साधक इस गुरुलिंगस्वरूप के साथ पुनः अपने अंगस्वरूप बोध में आया, किन्तु अब अंग क्रमशः लिंग शक्ति को अपने भक्ति द्वारा स्वायत्त करते चल रहा है। वह अपने शिवत्व स्वरूप को प्राप्त करके शिव दृष्टि से देखने लगता है। इसमें 'अवधान' भक्ति का उदय होकर प्रसादिस्थल का अधिकारी बनकर वह अपने गुरुदत्त तनु में विश्व को शिवदृष्टि से देखने लगता है। अपनी भावमय दृष्टियों से इन्द्रिय व्यापार चलता है। अपने आत्मा में ही अपने स्वात्मस्वरूप से भावतनु के आश्रित होकर व्यवहार करने लगता है। अत एव जो शुद्ध प्रमेय अपने में भासित हो रहा है, अर्थात् अपने निर्मल स्वरूप इन्द्रियों में जो भासित हो रहा है, वह सब शिवमय है। इस प्रकार का भाव रखकर लिंगार्पण करके अनुभव करता है, अर्थात् इस स्थल में प्रथमतः चैतन्यात्मक लिंगबोध स्वरूप होकर उसको चैतन्यस्वरूप से ग्रहण करता है। अत एव इसको विषयादि में विकार अथवा पुनः भोगलोलुपता करने की इच्छा नहीं रहती। इसके फलस्वरूप तृप्ति आ जाती है। स्वाभाविकतया जो भावतनु युक्त महेश की बहिर्मुख प्रवृत्ति स्वात्मस्वरूप में रही, अब वह अर्पण करते ही अन्तर्मुखी हो गई।

प्रसादि स्थल

इस [1]प्रसादि स्थल में साधक में पुनः शिवलिंग संयोग करने का प्रभाव उत्पन्न हुआ। इस प्रसादि स्थल में भी अवान्तर भेद हैं। इस अवस्था में साधक अपने गुरुलिंग युक्त अंग से प्रसादि स्थल में जो इन्द्रियों से अनुभूत विषय को शिव को अर्पित करता है। इसमें विकृत मन नहीं है। अत एव इस प्रकार के प्रसाद के फल-स्वरूप मनःशुद्धि हो जाती है। अत एव इसको निर्माल्य कहा जाता है। निर्मल ज्ञान युक्त होकर मन को प्रसन्न रखता है। यह मन अब शिवार्पित भावना से व्याप्त है। इसी अवस्था में स्वात्मस्वरूप गुरुतत्त्व का उदय होता है, एवं विश्व को लिंगमय

---

१. प्रसादिस्थलमाहात्म्यं गुरुमाहात्म्यकं ततः।
ततो लिङ्गप्रशंसा च ततो जङ्गमगौरवम्॥
ततो भक्तस्य माहात्म्यं ततः शरणकीर्तनम्।
शिवप्रसादमाहात्म्यमिति सप्त प्रकारकम्॥
(सि० शि० प्र० स्थ०, परि० ११ श्लो० १)

भाव से देखता है। तब साधक को पूर्ण विश्व प्रकाशात्मक दिखलाई देने लगता है। इसका तात्पर्य यह है कि वह अपने आत्मस्वरूप में [1]शिवशक्त्यात्मक सारे विश्व को देखने लगता है।

इसी प्रसादि स्थल में साधक का भावकाय सम्पन्न होकर अन्तर्मुख होने के कारण आत्मा में विश्व लिंगस्वरूप से भासित होता है। जो यह अपने में भासित हो रहा है, अर्थात् अंगभाव युक्त होकर अनुभव कर रहा है, उसको यह प्रतीत होता है कि इस अंगभाव को रख कर लिंगार्पित किया जाता है। वह इन्द्रिय और मन का स्पर्श होने से पहले ही अर्पण किया जाता है। इसके फलस्वरूप स्वात्मा में ही जब लौटता है, तब यह प्रसाद कहलाता है। आत्मस्वरूप में लिंग भी है। भावकाय से युक्त होकर समर्पण क्रिया का आश्रय लेना पड़ता है। यह समर्पण-क्रिया गुरुगम्य है, क्योंकि इस समर्पण भाव के फलस्वरूप पूर्णस्वरूप के साथ एक हो जाता है। प्रथमतः जो वहिर्मुख चैतन्य अब अन्तर्मुख होकर चलने लगता है। अपने स्वरूप को अर्पण करना [2]लिंग प्रसाद कहा जाता है। साधक इस अर्पण के फलस्वरूप प्रसादी कहलाता है। जब लिंग प्रसादी बन जाता है, तो आधि-व्याधि लौकिक भाव छूट जाते हैं। अन्ततोगत्वा इस अवस्था में अपने भावकाय का भी अर्पण करना पड़ता है। इसी को शुद्धप्रसादी कहा जाता है। अत एव जिस काय की उत्पत्ति होकर भाव-सम्पत्ति हो गयी थी, उसके अर्पण से जाग्रत् भाव आ गया। यही सावधान भक्ति कही जाती है। अर्पण करने पर काय का नाश नहीं होता, किन्तु पुनः लिंग युक्त अंग बनकर प्राणलिंग अवस्था में आ जाता है। इस अवस्था में लिंग ही अपना प्राण स्वरूप बना लिया है। अंग प्रसादिस्थल में जिस लिंग का सामरस्य प्राप्त किया, उससे अंगभाव क्रमशः लिंगभाव में परिणत हो रहा है। भावतनु में ही अर्थात् आत्मा में ही एक होकर अब उपास्य और उपासक की भेदाभेद अवस्था आगे चल कर अभेद अवस्था में परिणत हो जाती है। साधक सामरस्य अवस्था के फलस्वरूप अपना स्वरूप प्राणलिंग स्थल[3] में रखकर पुनः अनुसन्धान प्रारम्भ करता है। लिंगांगयोग कर्तृत्व अभिमान युक्त साधना नहीं है, अपितु कृपाप्रधान साधना है। यहाँ कृपा का ही प्राधान्य है। किसी हठयोगादिप्रक्रिया का आश्रय करके प्राणादि का अभ्यास

---

१. पीठिका परमा शक्तिर्लिङ्गः साक्षात् परः शिवः।
शिवशक्तिसमायोगो विश्वलिङ्गं तदुच्यते॥

२. प्रभुदेव वचन, प्रसादि स्थल।

३. (१) प्राणलिंग, (२) प्राणलिंगार्चन, (३) शिवयोगसमाधिस्थल, (४) लिंग-निजस्थल (५) अंगलिंगस्थल। (सिद्धान्तशिखामणि, परिच्छेद ४—५)

करने की आवश्यकता नहीं है। स्वाभाविकतया भावतनु से युक्त होकर कमल मार्ग से पूर्ण सहस्रार कमल तक सरल गति द्वारा कर्णिका में पहुँच जाता है। अत एव यह सरल गति का क्रम है। भक्त, महेश्वर, प्रसादी यह कर्म प्रधान रहने के कारण कर्म-योग कहलाता है। प्राणलिंग स्थल को ज्ञानयोग कह सकते हैं। सिद्धान्तशिखामणि-कार का कथन है कि 'सर्वतत्त्वमयः प्राणः सर्वज्ञानमयः शिवः।"

शिवयोगीगण प्राणापान के मध्य में जो सरल गतिस्वरूप ज्योति है, उसी को प्राणलिंग कहते हैं। यहाँ प्राणलिंग शब्द का पारिभाषिक अर्थ में उपयोग किया गया है। प्राण एवं अपान के मध्य में ज्योतिस्वरूप सरल गति वाले वायु को प्राणलिंग कहते हैं। इसी को अहंतावोध कहा जाता है। जिस प्रकार सूर्य में तुहिनकण लीन हो जाता है, उसी प्रकार यह प्राणवायु शिवलिंग में लीन हो जाता है। यह हृदय-कमल में दीप की तरह स्फुरित होने लगता है। इस प्रकार के अनुभव को संविल्लिंगपरामर्श कहा जाता है। यहाँ पर प्राणलिंग की अन्तरंग एवं अत्यन्त गुप्त अर्चना की जाती है। यहाँ पर अभेद रूपी भाव से पूजा की जाती है। यहाँ पर लिंग साकार स्वरूप है। हृदय मन्दिर में[1] द्वादश कमल कर्णिका में जो शिवविग्रह है, उसकी वोधरूपी पूजा करनी चाहिये, अर्थात् उसी वोध में भावित होकर रहना पड़ता है।

प्राणलिंगानुसंधान युत साधक

साधक मध्यप्राण को पकड़ कर वहीं अपने भावशरीर में अभिमान रखकर भावानुकूल चिदाकार बनाकर, अपने भाव की शुद्धि करने के लिये अपने क्षमा, विवेक इत्यादि गुणों का विकास कर लेता है। यही यथार्थ प्राणलिंगार्चन है।

इसमें भाव की शुद्धि रहने के कारण अपने भावतनु का लिंग के साथ योग होते ही शिवशक्तियुक्त साकार मूर्ति के साक्षात्कार के योग्य बन जाता है, तो वही अर्थात् मेरे भाव में जो भावित हो रहा है, वह स्वात्मस्वरूप है, इस प्रकार का बोध होने लगता है। भ्रूमध्य के ऊर्ध्वभाग में अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र में सहस्रदल कमल है, इस कमल के मध्य में शुभ्र सोममण्डल है। उसमें अति सूक्ष्म रन्ध्र है। उसका भेद करने पर कैलाश है। यह सब आत्मा में ही विद्यमान है। यह भाव चिदात्मक रहने पर भी आनन्दात्मक है। जिस प्रकार बहिर्वासना के कारण बहिर्विकल्प विश्वात्मना प्रकाशित होता है, उसी प्रकार इस भाव के कारण अन्तःस्थित चिदात्मा अन्तर्वासना के

---

१. क्षमा, विवेक, सत्य, वैराग्य, समाधि, संपत्ति, निरहंकृति, श्रद्धा, महाशून्य इत्यादि भावना द्वारा प्राणलिंग की पूजा होती है।

(सिद्धान्तशिखामणि, परिच्छेद १२ श्लोक ४-२)

लिये शुद्ध विकल्पात्मक होकर इस प्रकार भासित होता है। इस प्रकार के भाव के विकास को ही ज्ञान कहा जाता है। इस प्रकार स्वात्मस्वरूप बोध होना ही प्राणलिंग का अनुभव कहलाता है।

इस प्रसंग में प्रभुदेव के प्राणलिंग स्थल में वर्णित जो अनुभव है, उसको प्रस्तुत करना अप्रासंगिक नहीं समझता। इस स्थल में अंगकला लिंगकला बन जाती है। अत एव करणाद्वैत भी नष्ट हो गया। श्रीप्रभुदेव के अनुभव से स्पष्ट होता है कि इस स्थल में सोम एवं सूर्य दोनों का भेद करके अंगभाव बना लेना चाहिये। इसी स्थल में[1] विशुद्ध स्वरूप की प्राप्ति होती है। प्रभुदेव जी कहते हैं कि षट्चक्र स्थित षट्कमल कर्णिका से सरल गति द्वारा सहस्रार को लाँघ कर शतदल पद में गुरु हैं, उसके साथ योग कर लेना चाहिये। यह कहकर अपने अनुभव (वचन) वाणी में फिर कहते हैं—इससे यह स्पष्ट होता है कि षट्स्थल मार्ग कृपामार्ग है, एवं कृपा के आकर्षण से षट्कमलगत मार्ग द्वारा ही ऊर्ध्व गति से जाना पड़ता है। उनका कथन है कि आधार से हृदय तक ब्रह्महृदय कमल नाड़ी में विष्णु, इसके अग्र भाग में रुद्र, उसके ऊपर भ्रूमध्य में ब्रह्मा, उसके ऊपर भ्रूमध्य में ईश्वर-सदाशिव, इन सबके ऊपर जाने पर अंग-सुख जाकर लिंगसुख बनता है। प्रभुदेव ने षट्चक्र एवं कमल इत्यादि का अपने वचनानुभव में वर्णन किया है।

च०	तत्व	दल	दलगत वर्ण	वर्ण	कोण	देवता
आ०	पृथ्वी	४	व, श, ष, स	सुवर्ण	चतुष्कोण	दाक्षायण
स्वा०	जल	६	ब भ म य, र, ल	नभ	धनुर्गति	ब्रह्मा
म०	तेज	१०	ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ	कृष्ण	त्रिकोण	विष्णु
अ०	वायु	१२	क, ख, ग, घ, ङ, च छ, ज, झ, ञ, ट, ठ	कुं	षट्कोण	महेश्वर
वि०	आकाश	१६	अ—अः	श्वेत	वर्तुलाकार	सदाशिव
आ०	मन	२	हं क्षं	माणिक्य	तदीयाकार	गुरु

उन्मनी ज्योति ब्रह्मकमल को भेद करके जाती है। ओंकार स्वरूप सदा रहता है।

वस्तुतः यदि साधारण दृष्टि से देखा जाय तो प्राण लिंगानुसंधान, दस वायु कर्मवासना नष्ट हो जाने पर होता है। इसको नष्ट करने के लिये प्रक्रियाविशेष का

1. विशेष विवरण—प्रभुदेववचन, प्राणलिंग स्थल व० न० ९४, पृष्ठ २५८।

अवलम्बन करने की आवश्यकता नहीं है। प्रभुदेव कहते हैं—"खेलते खेलते त्रिकोण रूपी पर्वत पार कर शृङ्ग पर ज्ञान एवं ज्ञेय दोनों का निरीक्षण कर लिया एवं शिवोऽहंभाव का उदय हुआ"[१]। आगे कहते हैं कि मैंने अनायास ही कुण्डलाग्नि के प्रकाश को पश्चिम द्वार में शिवोऽहं शब्द से युक्त कर लिया, ज्ञान एवं ज्ञेय को रोक कर समरस कर लिया और उसी का निरीक्षण कर लिया। फलस्वरूप वह मुझमें ही लीन हो गया और अद्वैत रह गया। इस प्रकार द्वैत नष्ट होने पर शिवोऽहंभाव का उदय प्राणलिंग स्थल में होता है। साधक प्राणलिङ्ग स्थल में जब सामरस्य प्राप्त करता है, तब की यह बात हुई; किन्तु इतना होने पर भी अभी अंग भाव का अंश है। अत एव प्राणलिंगी अवस्था में शिव शक्ति बनकर जिस भाव से उमा एवं शिव स्वरूप आकार निर्माण करके, स्वात्मस्वरूप आकार निर्माण करके उसको स्वात्मस्वरूप समझकर उपासना प्रारम्भ करता है और साधक अपने में अंगस्थल के अनुभव के कारण स्वयं अपने को शक्ति बनाकर लिंगरूप शिव को आलिंगन कर लेता है, इसके फलस्वरूप साधक अंगशक्तियुक्त शरणावस्था को प्राप्त कर लेता है। [२]यही शरणस्थल कहलाता है। इस स्थल में साधक अथवा अंग प्रौढ़ शक्ति एवं भाव सम्पन्न हो गया है। साधक शक्तिभाव युक्त होकर लिंग को पति बना लेता है। अत एव साधक अपने को सतीभाव युक्त बनकर शिव को पति मान कर भाव लीला में प्रवेश करता है। सती-पति-भाव शरणस्थल में आकर भावलीला प्रारम्भ होती है। स्थायी भावापन्न होकर अपने रसास्वाद के लिये लिंग-स्वरूप परमात्मा को पति बनाकर स्वयं सती बनकर भावसाधना प्रारम्भ करता है। साधक स्वयं शक्तिस्वरूप बन गया है। एवं लिंग शिवस्वरूप है। परस्पर आकर्षण प्रारम्भ हुआ। इस प्रकार के स्थायी भाव का उदय होने के बाद व्यभिचारी भाव का उदय नहीं होना चाहिये, क्योंकि किसी स्थायी भाव के लिये व्यभिचारी भाव हानिकारक है। वस्तुतः प्राणलिंग स्थल भावतनु में रहने पर भी स्थायी भाव नहीं हो पाया था। अर्थात् भक्त, महेश, प्रसादी इत्यादि अवस्था में अनन्त भाव रहे, किन्तु शरणस्थल में जाकर स्थायी भाव दृढ़ हो गया। साधक अपने में सभी संचारी भावों को लेकर, लिंग के केन्द्र में रखकर, अपने भाव कमल दलों से युक्त होकर के अपने पति (लिंग) से मिलने का प्रयत्न प्रारम्भ करता है। यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि भाव स्वात्मस्वरूप, अद्वैतस्वरूप है। अत एव इस स्थल में इस सम्प्रदाय में सभी शिवयोगी गण अपने अनुभव की तुलना वैष्णव साधकों की राधाभाव से कर सकते

---

१. प्रभुदेववचन, प्राणलिंगस्थल, पृष्ठ १९६, व० १११।

२. (१) शरण स्थल, (२) तामसवर्जन स्थल, (३) निर्देश स्थल, (४) शीलसम्पादन स्थल (सि० शि० शरण स्थल, परि० १२–३–४ पृ०, १९

हैं। यहाँ पर भी सब भावों को लेकर केवल परमात्मस्वरूप लिंगस्वरूप का एवं उसकी प्राप्ति के लिये कातर भाव इत्यादि का विशेष विवरण मिलता है। इसके फलस्वरूप स्वाभाविकतया साधक में शान्ति, दया, करुणा इत्यादि सात्त्विक भावों का विकास हो जाता है। 'मैं शक्ति स्वरूप हूँ', 'मैं शिव में आश्रित हूँ', 'इस प्रकार के भाव में रहता हूँ' यह भाव सर्वार्पणभाव कहलाता है। अत एव इसको 'शरण' कहा जाता है। साधक में अपनी इच्छा अथवा किसी प्रकार का अपनापन नहीं है। सब कुछ शिव को अर्पण करके केवल संमुख होकर शरण साधन करता है। यही शिवयोग भूमि की सामरस्य अवस्था का पूर्वाभास है। जब तक अंग अपने अहं को लिंगस्वरूप बनाकर अपने को आश्रित नहीं समझता, तब तक वह परम सामरस्य का अनुभव नहीं कर सकता है। जब इस प्रकार के भावसूर्य का उदय होता है, तब पूर्ण अन्धकार एवं अज्ञानता की निवृत्ति हो जाती है। भाव के केन्द्र अवस्था में रहने के कारण यहाँ गुरुशिष्यभाव से स्वात्मस्वरूपभूत अनन्त भावों का विकास होता है। इस स्थल में जब भावस्थिरता हो जाती है, तो उसको 'शील' कहा जाता है। इस प्रकार शील द्वारा पूर्णभाव प्राप्त हो जाता है। अब भावदार्ढ्य ही इस स्थल का पूर्ण लक्ष्य है। इस प्रकार भावना से युक्त साधक ऐक्य स्थल में प्रवेश करता है। अर्थात् इस प्रकार भावदार्ढ्य से प्रसादलिंग एवं शरण इन दोनों का मिलन होता है। अब भाव भी इसमें परिणत हुआ। अब सामरस्य अवस्था में केवल रस ही रह जाता है। यह भावयोग के दृष्टिकोण से विचार किया गया है। इस प्रसंग में प्रभुदेव की अनुभववाणी के आधार पर कुछ प्रकाश डालना उचित समझते हैं। ग्राहकभाव ही शरणस्थल का अनुभव कहलाता है। अर्थात् ग्राह्य एवं ग्रहण सब लीन हो जाता है। प्रमेय, प्रमाण, प्रमाता इस त्रिपुटी में प्रमाता ही सब कुछ है। अर्थात् वस्तुतः प्रमाता ही ग्राहक, ग्राह्य और ग्रहण भाव प्राप्त करता है। वही पुनः बन जाता है। यह शरण-स्थल का अनुभव शिवोऽहं भाव से ऊपर की बात है। इसमें ग्राहक भाव का मतलब है स्वरूपसाक्षात्कार की प्राप्ति एवं उसका बोध। इस बोध के प्रभुदेव जी ने तीन विभाग किये हैं :—

(१) अल्प ज्ञानी, (२) मध्यम ज्ञानी, (३) अतीत ज्ञानी। इन सब ज्ञानियों को[1] प्रभुदेव जी खण्डित ज्ञानी कहते हैं। ज्ञान एवं अज्ञान दोनों को जो प्राकृत स्वभाव समझता है, उसको अल्पज्ञानी कहते हैं। जो ज्ञानभाव को लेकर व्यवहार करता है, उसको मध्यम ज्ञानी कहते हैं। ज्ञान प्राप्त करके अज्ञानी की तरह जो चलते हैं, उनको अतीत ज्ञानी कहते हैं। वस्तुतः यह सब खण्डित ज्ञान ही हैं। प्राणलिंग स्थल की अवस्था में सुज्ञान का उदय एवं प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार ज्ञानोदय होते ही माया एवं देह में जो जीवकला है, उनका तुरन्त नाश हो

---

१. प्रभु शरण स्थल व० ३३, पृष्ठ १९८।

जाता है। इस ज्ञानोदय से नित्य जाग्रद्‌भाव का उदय होता है। कहते हैं कि '[1]ऊर्ध्व पवन के संयोग से त्रिभुवन नामक पर्वत पर आरोहण कर कायरूपी कदली में प्रवेश किया। यह ऊर्ध्व पवन वस्तुतः सरल गति ही है। यही सुज्ञानोदय है। यहाँ ध्यान देने की बात यह है कि [2]प्रभुदेव कहते हैं कि यदि सरल गति पकड़ करके केवल सहस्रदल में रुक कर शतपत्र के पादोदक को जो अनुभव करता है, वह रुद्रलोक तक जाता है। यह द्वैत योगी की स्थिति है। इसको प्रभुदेव जी निषेध करते हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि प्राचीन काल में अर्थात् प्रभुदेव के पहले रुद्रलोक तक का ही अनुभव रहा। किन्तु प्रभुदेव जी इससे आगे का विवरण देते हैं, अर्थात् कहते हैं कि शतदल का भेद करके सामरस्य अवस्था को प्राप्त करना और आगे जाना चाहिये। शरण में कर्तृत्व अभिमान न रहने के कारण यह 'आरूढ ज्ञानी' कहलाता है, क्योंकि इसका सम्पूर्ण व्यवहार शिव से चलता है। वस्तुतः शरणस्थल की अवस्था चिदात्मक है, एवं शरण का स्वरूप बिन्द्वात्मक है। यह न ऊर्ध्व गति है, न अधोगति है; किन्तु वह सामरस्य अवस्था में जाकर एकाकार हो जाता है। यही शरण का लक्ष्य है। अपने भाव को निर्माणस्वरूप बनाकर शिव को चैतन्यात्मक स्वरूप में आलिंगन कर लेता है। इस प्रकार ऐक्यस्थल में पूर्ण सामरस्य का अनुभव करने लगता है। इस प्रकार शिवयोगी ऊर्ध्व पवन द्वारा शतदल पद्म की कर्णिका में जाकर अमृतपान कर सामरस्य सुख का अनुभव करता है।[3]

ऐक्य स्थल ही पूर्ण लिंगांग सामरस्य का स्थल है। लिंगांग सामरस्य स्थल स्वरूप ऐक्य स्थल[4] को समझना अत्यन्त आवश्यक है। सिद्धान्तशिखामणि में कहा है :—

विषयानन्दकर्णिकानिस्पृहो निर्मलाश्रयः।
शिवानन्दमहासिन्धौ मज्जनादेव मुच्यते॥

१. श्री प्रभुदेव वचन, शरण स्थल, व० ६३, पृष्ठ २१५।
,, ,, ,, व० १०१, पृष्ठ २४१।
२. श्री प्रभुदेव वचन, शरण स्थल, व० १४६, पृष्ठ २८८।
३. शिवयोगी अपनी साधना के बल से आधार स्थित कुण्डलिनी को जगाकर सुषुम्ना नाडी में प्रविष्ट होकर ब्रह्मरन्ध्र में पहुँच कर वहाँ पर व्योमचक्र प्राप्त करता है। उस कुण्डलिनी के सिर के ऊर्ध्व भाग में सुज्ञान रूपी रत्न है। उस रत्न में परम शान्तिबिन्दु है। उसने अग्नि एवं वायु संमिश्रण से बने हुये समस्त गुणों का ग्रसन किया। उस परम शान्तिबिन्दु के रूप में ही निरवयव ज्ञान रहता है। उसने तनुत्रय में प्रवेश किया। वही रह गया। उसमें परिपूर्ण अमृत भरा है। उस अमृत को सेवन करने वाले शिष्यरूपी शरण के लिये महाज्ञान हस्तामलकवत् हो गया, अर्थात् वह निराकार हो गया। (प्रभु० शरण व० अर्थ २०७)
४. सि० शि० परि० १४ पृष्ठ ३२ श्लोक ३

अंग अपने का शिवानन्द महासागर में निमज्जित कर लेता है। शिवभाव रहता है, किन्तु मायाकल्पित विश्वभावना नहीं रहती। स्वात्मस्वरूप मायाशक्ति के तिरोधान करने के कारण स्वात्मस्वरूप में सब कुछ होता है। इस प्रकार की ऐक्य स्थिति 'अद्वैत स्थिति' कहलाती है। शिवयोगी इसी अद्वैत-भाव में रहता है।

इस संसार को लांघने के लिये अद्वैतभाव रूपी नाव एकमेव साधन है। मायिक देह में रहने पर शिवयोगी को किसी प्रकार का बन्धन नहीं है। उसके लिये कर्माकर्म का प्रश्न नहीं उठता। वह विश्व को शिवमय समझता है। उसका प्रत्येक कार्य शिव-पूजा है। इस प्रकार के बोध को साम्प्रदायिक भाषा में 'एकभाजन'[1] कहा जाता है। उसके बाद शिव में विश्व भासित हो रहा है, इस प्रकार शिवस्वरूप एवं जगत् इन दोनों का सामरस्यभाव स्वात्मरूपेण होने लगता है। इसके फलस्वरूप केवल चित्प्रकाश ही रह जाता है, अर्थात् सम्पूर्ण विश्व चित्स्वरूप में प्रकाशित होता है। यह सामरस्य अवस्था का अनुभव विमर्शहीन अवस्था नहीं है, क्योंकि इसमें सदैव रसात्मना चिदुल्लास है। जब इसको स्वात्मा में ग्रसन कर लेता है, शिवयोगी कहलाता है। इसमें सब कुछ लीन है। भाव भी भावातीत में बदल गया। इसकी अनुभूति भी हो गई। शरण स्थल में जिस भाव का आलिंगन हुआ, जो अंग एवं लिंगभाव में रहा, यहाँ आकर अंग एवं लिंग एक हो गये। इसको केवल महालिंग कहा जाता है। इस महालिंग में सब कुछ व्याप्त होकर, अन्तर्लीन होकर अब पूर्णलिंग स्वरूप ऐक्य स्थल सभी अंगों से युक्त है। इतना सामरस्य होने पर भी इस सामरस्य अवस्था में रस का अनुभव करने के लिये बोधरूप से अंगभाव रहता है। यह पूर्णस्वरूप होने पर भी, सब कुछ स्वात्मस्वरूप लिंग से पृथक् अस्तित्व न रखने पर भी, सब कुछ स्वात्मस्वरूप में उपास्य-उपास्यकभावभूत लीला के कारण हुआ है। अत एव नित्य इसी प्रकार चलता ही रहता है। यही शिवयोग कहलाता है। यहाँ नित्य सामरस्य स्वरूप का अनुभव चलता रहता है। शिखामणिकार का कथन है—

अहं शिवो गुरुश्चाहमहं विश्वं चराचरम्।
यथा विज्ञापने सम्यक् पूर्णाहन्तेति सा स्मृता॥

शिवयोगी इस पूर्णाहन्ता के बोध में रहता है। शिवयोगी नित्यस्वरूप महालिंगात्मक बोधविश्व के स्फुरण के समय अर्थात् विश्वात्मक अवस्था में शिवयोग महालिंग अवस्था से युक्त होकर नित्य स्वात्मस्वरूप लीला में अपने को शक्त्यात्मक बनाकर अपने स्वरूप में ही विश्व को देखता है। यही भावपक्ष का सामरस्य कहलाता है। ऐक्यस्थल में ऊपर की अनुभूति विश्वोत्तीर्ण अनुभूति कहलाती है। अत

---

१. (१) ऐक्य स्थल, (२) आचार सम्पत्ति स्थल, (३) एकभाजन स्थल, (४) सहयोजन स्थल। (सि० शि० परि० १४, श्लो०)

एव यहाँ लिंग की दो अवस्था है। एक विश्वात्मक अवस्था है, जहाँ साधक योगी बनकर इसमें रहता है। दूसरी तरफ विश्वोत्तीर्ण अर्थात् इस विश्व की उत्पत्ति के तत्त्व स्वरूप प्राप्त जो महालिंग है, वह तत्त्वात्मक शिवस्थानीय है। इस क्रम से ऐक्य-स्थल तक साधन क्रम से महालिंग तक पहुँचने के क्रम का विवरण हुआ। महालिंग नाद-बिन्दु-कलात्मक है। सामरस्य अवस्था से ऊपर उठकर नाद-बिन्दु-कलात्मक स्वरूप से ऊर्ध्व में जाकर, सर्वशून्य निरालम्ब तक जाकर शिवयोगी पुनः अपने आरोहण-अवरोहण क्रम से स्वात्मानन्द रूप शिवयोग में लीन रहता है। अत एव शिव की स्वात्मस्वरूप अवस्था परिमित देश-काल से अतीत है। अपने शिवस्वरूप भावतनु द्वारा नित्य लीला में रहता है, एवं उसकी दृष्टि से बहिर्जगत् नहीं है। जिसको हम मायिक कहते हैं। यहाँ तक कि जिसको हम मायिक कहते हैं, वह सब लिंगमय हैं। यह नित्य शिवस्वरूप स्थिति है। इतना होने पर भी स्वात्मस्वरूप में रह कर, अपने शिवतत्त्व भाव में भी सदैव जाग्रत् रहता है। अत एव शिवयोगी अपने पवित्र भाव द्वारा सदैव विश्व को लिंगस्वरूप अर्थात् चिन्मय देखता है। शिवयोगी का शरीर वस्तुतः मायिक दृष्टि से दिखाई देने पर भी वह पूर्णरूपेण लिंग-स्वरूप है, क्योंकि मायिक देह का जो कार्य है, वह उस शरीर से नहीं होता। अपनी भावना के द्वारा अर्थात् शिवयोग एवं इस स्थलगत साधना के द्वारा सम्पूर्ण रूपेण सिद्ध करके स्वात्मा में चैतन्यातिरिक्त उसको और किसी प्रकार का बोध नहीं है।

इस प्रकार इस षट्स्थल योगरहस्य की कई दृष्टिकोणों से विवेचना की जा सकती है। इस लेख में केवल भावपक्ष को लेकर अंगभाव क्रम का विकास दिखाया गया है। इस प्रकार अंग महालिंग स्वरूप बनकर पूर्ण शिवयोगी बनता है। इस योग को षट्स्थल-योग कहा जाता है। वीरशैव सम्प्रदाय में स्थलगत भेद द्वारा अनुभव का विभाग किया गया है। इसी षट्स्थल में २०६ और १०१ विभाग भी गिनाये गये हैं। यह सब नियम विस्तार की दृष्टि से समझना चाहिये। वस्तुतः भक्त, महेश, प्रसादी, प्राणलिंग, शरण और ऐक्य के क्रम को मुख्य आधार मानकर इस प्रकार का विभाजन किया गया है॥

वज्रयोग का एक दृष्टिकोण

श्रीराधेश्यामधर द्विवेदी, भू० पू० कनिष्ठानुसन्धाता—योगतन्त्र, वा० सं० वि० वि० वाराणसी ।

मन्त्रे तीर्थे द्विजे दैवे दैवज्ञे भेषजे गुरौ ।
यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी ॥

जैसे एक स्त्रीपिण्ड में रागी की रागबुद्धि, पुत्र की श्रद्धाबुद्धि एवं साधक की देवीबुद्धि दिखलायी पड़ती है, वैसे ही जगत्पिण्ड को कोई रागबुद्धि से अपने अधीन बनाना चाहता है, तो कोई श्रद्धाबुद्धि से अपने रहते हुये दूसरे को भी रहने देना चाहता है और कोई उस समस्त जगत् की कल्पना एक पिण्ड में ही देवभाव से स्वीकार करता है ।

ये ही अध्याशय हैं और इन्हीं अध्याशयों के कारण मनुष्य अनन्त काल से दुःखार्णव में निमग्न है । इन तीनों प्रकार की दृष्टियों का मूल कारण चित्त है और इसी चित्त से संसार की उत्पत्ति भी मानी गयी है । अत एव चित्त को ही सभी दुःखों का मूल कारण माना जाता है । इसी के कारण अहंकार और ममकार, ग्राह्यभाव और ग्राहकभाव, कुशलकर्म तथा अकुशल कर्म आदि प्रादुर्भूत होते हैं । बौद्धधर्म इन चित्तों को शुद्ध कर विशुद्ध, शान्त, निर्मल, निर्वाण के लिये साधन का मार्ग प्रदान करता है । इसी हेतु बौद्ध दर्शन में अन्यान्य पथ मिलते हैं । चूंकि पुद्गल में सबसे अधिक रागबुद्धि की ही प्रबलता दिखलाई पड़ती है, अत एव उस राग के नाम के हेतु कुशल कर्मों का सम्पादन और अकुशल कर्मों का परित्याग अपेक्षित है । श्रावकयान में इसका ही सम्पूर्णतः उपदेश है । श्रावक पुद्गल शमथ और विपश्यना के आधार पर कुशल कर्मों का सम्पादन करते हुये कामावचर, रूपावचर, अरूपावचर की भूमियों को पार करता हुआ ध्यानसमापत्तियों के बल से अर्हत्व को प्राप्त करता है ।

श्रद्धानुसारी पुद्गल अपने ही निर्वाण से दुःख की परिसमाप्ति नहीं मानता । उसे तो अनन्त जीवों के दुःख की परिसमाप्ति चाहिये । अत एव वह दुःख के नाश के हेतु अपने अन्दर बोधिचित्त का उत्पाद करता है ।

वह कहता है कि मनुष्य भाव दुर्लभ है, क्योंकि इसी में पुरुषार्थ के अभ्युदय तथा निःश्रेयस् की प्राप्ति के साधन उपलब्ध होते हैं । अत एव यदि वह इस सुअवसर में परापरहित का चिन्तन नहीं करता तो फिर उसे इस मनुष्य देह का पुनः समागम कहाँ होगा ?

क्षणसम्पदियं सुदुर्लभा प्रतिलब्धा पुरुषार्थसाधनी ।
यदि नात्र विचिन्त्यते हितं पुनरप्येष समागमः कुतः ॥
(बोधिचर्यावतार, प्रथमपरि०, श्लो० ४)

मनुष्य प्रायः अकुशल भाव मे अभ्यस्त होने के कारण कुशल भाव की ओर प्रवृत्त नहीं होता। इस अकुशल भाव पर विजय प्राप्त करने के लिये प्रवल कुशल भावों को उदित करना होगा। वह बोधिचित्त से ही होता है—जैसे रात्रि में बादलों से घिरे हुये आकाश में बिजली के क्षणिक प्रकाश से वस्तु का ज्ञान होता है, उसी प्रकार अन्धकारमय जगत् में बुद्ध (बोधिचित्त) के अनुभव से ही क्षण-मात्र के लिये मानव वुद्धि शुभ कर्मों में प्रवृत्त होती है—

रात्रौ यथा मेघघनान्धकारे विद्युत् क्षणं दर्शयति प्रकाशम् ।
बुद्धानुभावेन तथा कदाचिल्लोकस्य पुण्येषु मतिः क्षणं स्यात् ॥
(बोधिचर्यावतार, प्रथमपरि०, श्लो० ४)

इस प्रकार बोधिसत्व, जीव को भवसागर के पार लगाने के लिये, सभी सत्वों को दुःखों से दूर करने के लिये, तथा उन सत्वों के लिये भी जो केवल दुःख का अपनयन मात्र ही नहीं, अपितु संसार के सुख की भी अभिलाषा रखने वालों के सुख सम्पादन के लिये भी बोधिचित्त का ग्रहण करता है—

भवदुःखशतानितर्तुकामैरपि सत्वव्यसनानि हर्तुकामैः ।
वहुसौख्यशतानि भोक्तुकामैर्न विमोच्यं हि सदैव बोधिचित्तम् ॥
(वहीं, श्लो० ८)

बोधिचित्त के अनन्तर दानादि पारमिताओं का निरन्तर अभ्यास करता हुआ दश भूमियों को शमथ तथा विपश्यना के आधार पर पार करता हुआ जीव बुद्धत्व को प्राप्त करता है। इसमें उसकी करुणा ही उपाय है।

सामान्य रूप से विचार करने पर लगता है कि श्रावकयानी पुद्गल का उद्देश्य एक अपनी आत्मा मात्र को शम की उपलब्धि कराना है और उसी से निवृत्ति प्राप्त करना है। इसके विपरीत बोधिसत्व अपने को तथता (परम तत्त्व) में स्थापित करना चाहता है। सभी सत्वों को भी उसी रूप में स्थापित करना चाहता है। वह सम्पूर्ण ग्राह्यग्राहकभेद मिटा कर शाश्वत शान्ति की प्राप्ति के लिये निरन्तर प्रयत्न करता है। इसके आधार पर बुद्धत्व की प्राप्ति होती है, किन्तु इस बुद्धत्व की प्राप्ति में कई कल्प लग जाते हैं।

देवबुद्धवाला पुद्गल किसी भी पिण्ड को सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड समझता है। अत एव उसमें वह देवभावना रखता है और उसी में अपने इष्टदेव की भावना

करता है। वह पिण्ड ही उसके लिये परमार्थ है। इस पिण्ड में ही उसे गंगा, यमुना, तथा त्रिवेणी का संगम मिलता है। काशी तथा अन्य तीर्थों का क्षेत्र मिलता है। वह धातु और स्कन्धों से युक्त भौतिक शरीर को पुरुष तथा स्त्री के रूप में रख कर कर्ममुद्रा का स्वरूप मान कर पूजता है। मानसिक भूमि में ध्यानी बुद्धों एवं उनकी शक्तियों के आधार पर ज्ञानमुद्रा रूप में भावना करता है। उसे जगत् की क्षणिक किन्तु मूल्यवान् स्थिति ज्ञात रहती है। वह इस क्षणिक जगत् में ही सम्पूर्ण लोगों को इस विपत्ति-सागर से पार कराने के हेतु देव-देवीभाव के आधार पर महाकरुणा का उत्पाद करता है। उस करुणा के आधार पर प्रज्ञा प्राप्त करता है तथा प्रज्ञा और उपाय के सम्मिलन से बुद्धत्व को प्राप्त करता है। यही तन्त्रयान की दृष्टि है। इस दृष्टि में बोधिसत्व बोधिचित्तोत्पाद कर एक जन्म में ही बुद्धत्व प्राप्त कर सकता है, तथा अनल्पासंख्येय जनों को संसार सागर से पार जाने की राह बतला सकता है।

यहाँ तक एक पिण्ड के प्रति व्यक्त होने वाले अन्यान्य भावों का सामान्य विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। अब उस पिण्ड के सत्ता की परीक्षा करनी चाहिये, जिस पर ये विचार आधृत हैं। सामान्य रूप से पिण्ड के ऊपर विचार करते समय हम उसके तीन स्वरूप देखते हैं। एक तो उसकी सत्ता है, अर्थात् पिण्ड के स्वरूप की सत्ता है। इसी प्रकार उसके हेतु की सत्ता तथा उसके फल की सत्ता है। प्रायः कहा जाता है कि साधनाओं में तीन बातें आवश्यक होती हैं। वे हैं दृष्टि, चर्या तथा भावना। अब तक प्रस्तुत निबन्ध में मानव के ऊपर थोड़ा सा दृष्टिपात किया गया है। उसको ही ध्यान में रख कर दृष्टि पर विचार करना चाहिये। दृष्टि पर विचार करते समय सदा उस सम्प्रदाय के दार्शनिक विचारों की तरफ ध्यान रहना आवश्यक है।

प्रायः कहा जाता है कि बौद्ध दर्शन वस्तु की सत्ता को नहीं स्वीकार करता, उसका कारण उसकी वस्तुनैरात्म्य या शून्यता की दार्शनिक दृष्टि ही है। वह जगत् में सांवृतिक तथा परमार्थ नाम से दो प्रकार की सत्ता मानता है। जगत् की वर्तमान सत्ता सांवृतिक है, तथा परमार्थ सत्ता शून्य रूप है। इसका ही वह दार्शनिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। चन्द्रकीर्ति कहते हैं कि संसार सत् नहीं है, किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि इसकी खपुष्प जैसी असत्ता है, क्योंकि बिना सत् के असत् कैसे संभव हो सकता है। अत एव सापेक्ष और सविकल्प बुद्धि की समस्त कोटियों और धारणाओं की पहुँच के बाहर जो तत्त्व है, वही शून्यता है (इह सर्वेषामेव दृष्टिकृतानां सर्वग्रहाभिनिवेशानां यन् निःसरणमप्रवृत्तिः सा शून्यता—त्रयोदश प्रकरण, पृ० २४७ माध्यमिकवृत्ति)। वे कहते हैं कि हम सत् तथा असत् दोनों को निरावरण करके निर्वाणपुरगामी अद्वयपथ को प्रकाशित करते हैं। अत एव कर्मकर्तृफलादिरूप संसार

को अभावात्मक न मानकर उसे निःस्वभाव या स्वभावशून्य या प्रतीत्यसमुत्पन्न मानते हैं।

(न वयं नास्तिकाः। अस्तित्वनास्तित्वद्वयवादनिरासेन तु वयं निर्वाणपुरगामिनमद्वयपथं विद्योतयामः। न च कर्मकर्तृफलादिकं नास्तीति ब्रूमः। किं तर्हि निःस्वभावमेतदिति व्यवस्थापयामः—पृ० ३२९, सप्तदश प्रकरण)

इस प्रकार जब प्रत्येक वस्तु हेतुप्रत्ययों के आधार पर ही खड़ी है, तथा जब वस्तु की अपनी सत्ता नहीं है, तो जो हेतु और प्रत्यय हैं, वे भी किन्हीं हेतु-प्रत्ययों के कार्य होने के कारण निःस्वभाव एवं सापेक्ष हैं। अत एव वे अनवस्थित हैं और उनकी भी शून्यता है। यही हेतुशून्यता की दृष्टि है। इसी प्रकार फलशून्यता भी सिद्ध होती है। क्योंकि जब सभी वस्तुएँ प्रतीत्यसमुत्पन्न हैं, तो उनकी भी अपनी स्वरूप सत्ता नहीं है और जब उनकी अपनी स्वरूप सत्ता नहीं तो उससे उत्पन्न फल की स्वरूप सत्ता कैसे हो सकती है ? अत एव फल की भी शून्यता है। सामान्य रूप से यही बौद्ध दार्शनिक दृष्टि है।

अब विचारणीय बात यह उठती है कि मनुष्य इन सब दृष्टियों को समझ लेता है, किन्तु वह संसार से निवृत्त क्यों नहीं हो जाता। इस प्रश्न के उत्तर स्वरूप साधना में बतलाये गये मार्गों का अनुसरण करना उचित होगा, क्योंकि प्रायः यह देखा जाता है कि लोग विषय को तो समझ लेते हैं किन्तु उस समझे हुए विषय के अनुसार काम करने में हिचकते हैं। उसमें कई कारण होते हैं। बौद्ध साधना में प्रवृत्त होने के इच्छुक पुद्गल इस स्थिति में दो प्रकार के पाये जाते हैं। जिनमें एक को श्रद्धानुसारी पुद्गल कहते हैं तथा दूसरे को धर्मानुसारी पुद्गल कहते हैं।

प्रयोग के भेद से दो ही पुद्गल हैं—जिन्हें श्रद्धानुसारी तथा धर्मानुसारी पुद्गल कहते हैं। (प्रयोगप्रभेदतः कतमः ? श्रद्धानुसारी धर्मानुसारी च पुद्गलप्रभेदः—अभिधर्मसमुच्चय, पृ० ४६)

वैसे पुद्गल अनेक प्रकार के हैं, तथापि ये ही प्रधान हैं। इन दोनों पुद्गलों की आवश्यकता साधन-सम्पत्ति में बतलाई गई है। वे पुद्गल जो श्रद्धानुसारी हैं, सिद्धि की अधिगति जल्दी करते हैं। अत एव श्रद्धानुसारी पुद्गल की 'मञ्जुश्रीमूलकल्प' में प्रशंसा की गयी है—

औत्सुकाः सर्वमन्त्रेषु नित्यं ग्रहणधारणे।
सिद्धिकाया महात्मानो महोत्साहा महौजसः॥
तेषां सिद्ध्यन्त्ययत्नेन मन्त्रा ये जिनभाषिताः।
अश्रद्धानां तु जन्तूनां शुक्लो धर्मेण रोहते॥

बीजमूषरे क्षिप्तं अङ्कुरो अफलो यथा।
श्रद्धामूलं सदा धर्मे उक्तं सर्वार्थदर्शिभिः॥
मन्त्रसिद्धिः सदा प्रोक्ता तेषां धर्मार्थशीलिनाम्।

(मञ्जुश्रीमूलकल्प, पट० ४ पृ० ६१)

धर्मानुसारी को भी श्रद्धायुक्त होने का पाठ पढ़ाया गया है, क्योंकि धर्मानुसारी जो मात्र तार्किक है, उसको सिद्धि प्राप्त नहीं होती। यह 'कालकृष्णयमारी तन्त्र' में लिखा है—

"तार्किक को सिद्धि नहीं प्राप्त होती। गुरु के द्वारा उपदेश करने पर उसमें क्षोदक्षेम करने वाले शिष्य को भी सिद्धि नहीं प्राप्त होती। केवल शंका रहित तथा श्रद्धायुक्त होने पर गुरु के गुह्य उपदेश पूर्ण रूप से न देने पर भी उतने मात्र से सन्तुष्ट रहने वाले शिष्य को सिद्धि तुरन्त ही प्राप्त होती है। इसलिये गुरु-महिमा वहुत बड़ी है।"

अत एव बौद्ध साधना में गुरुवाद का वहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह बात न केवल बौद्ध साधना में ही, अपितु हिन्दू साधना में भी पाई जाती है, क्योंकि साधक के सभी कार्य गुरु-वाक्यों पर ही आधारित होते हैं और उसको सद्गुरु की प्राप्ति भी बड़ी कठिनाई से होती है। सद्गुरु ही साधक को परम तत्त्व का साक्षात्कार कराने में समर्थ होता है। गुरु को शून्य और करुणा की युगलमूर्ति कहा जाता है। वज्रयान में शून्यता तथा करुणा को ही प्रज्ञा तथा उपाय कहा गया है। इन दोनों का सामरस्य (परस्पर मिलन) ही निर्वाण है। इन दोनों का मिलित रूप होने से गुरु को मिथुनाकार वतलाया गया है। अत एव गुरु में पूर्ण श्रद्धा की आवश्यकता होती है। जैसे सारनाथ पहुँचने वाले व्यक्ति के लिये वाराणसी के किसी रहने वाले विश्वस्त व्यक्तिविशेष के द्वारा बताये मार्ग का अनुसरण श्रद्धा एवं निष्ठा से करने पर ही वह प्राप्त होता है। तार्किक को मात्र तर्क के आधार पर वहां का ज्ञान मात्र ही प्राप्त होता है, साक्षात् दर्शन एवं अपूर्व आनन्द नहीं; वैसे ही गुरु में श्रद्धा एवं निष्ठा रखने वाले व्यक्ति को ही वह मौन सम्भाषण मात्र से महासुख का विस्तार कराता है और उसके हृदय से अन्धकार को दूर कराता है।

अत एव साधक, गुरु, त्रिरत्न तथा बोधिचित्त में भक्तिमान् होकर उसी प्रकार संसार सागर को पार कर सकता है जैसे कि एक मतिमान् नाविक नौका लेकर समुद्र पार करता है। वज्रसत्व ने संसार पार करने वालों के लिये गुरु को कर्णधार तथा धर्म को नौका बतलाया है। अत एव गुह्य वज्रयान में गुरु की भांति ही शिष्य की पात्रता पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है। शिष्य को वन्दन क्रिया, अक्रोधी, अवि-

संवादी, त्यागादि गुण से युक्त उत्साही तथा गुरु की आज्ञा को शिर से स्वीकार करने वाला होना चाहिये।

इस प्रकार के शिष्य को वज्राचार्य गुरु सकल प्रपंचों से दूर हटाकर उसे सम्यक्सम्बोधि की प्राप्ति के लिये मण्डल में प्रवेश कराता है। अब शिष्य को श्रद्धा-बुद्धि से तान्त्रिक साधना में प्रवृत्त होने के लिये एक नवयौवनसम्पन्ना युवती को अपनी संगिनी बनाना पड़ता है। इसी को तान्त्रिक भाषा में मुद्रा कहते हैं। इसके बाद वज्राचार्य गुरु शिष्य को बोधिचित्त की प्राप्ति के हेतु अभिषिक्त करता है। यह चार प्रकार का होता है—

प्रथमं कलशाभिषेको द्वितीयं गुह्यमुत्तमम्।
प्रज्ञाज्ञानं तृतीयं स्याच्चतुर्थं तत् पुनस्तथा॥

(अद्वयवज्रसंग्रह)

पहला अभिषेक छः प्रकार का होता है, जो बुद्धस्वरूप है। इसके द्वारा अविद्या-मल को दूर करने के लिये वज्राचार्य (गुरु) वैरोचन रूप को अवलम्बन करने वाले शिष्य को सलिलादि अभिषेकों से पवित्र करता है। इसके बाद गुह्य अभिषेक के द्वारा शिष्य को पवित्र धर्म में श्रद्धा उत्पन्न कराता है। गुरु सभी गुह्य साधनाओं का शिष्य को उपदेश देता है और उस उपदेश से प्रज्ञोपायस्वभावात्मक बोधिचित्तोत्पाद होता है। इसमें किस प्रकार से बोधिचित्त का अधोगमन अवरुद्ध किया जाय और कैसे ऊर्ध्वगमन हो सके तथा महासुख प्राप्ति सम्भव हो, उसका उपदेश देता है। इसी के बाद प्रज्ञाभिषेक होता है, जिसमें योगी शिष्य को यह बतलाता है कि सभी धर्म शून्य-रूप हैं, पुद्गल भी शून्यरूप है। प्रज्ञा की यौगिक नियमों से ज्ञप्ति करायी जाती है। अन्तिम अभिषेक को वज्राभिषेक कहते हैं। यही विशुद्ध अभिषेक है। इसी में सभी पूर्वाभिषेक पर्यवसित होते हैं। इसी वज्रात्मक तत्त्व को जानने के लिये शिष्य को वज्रज्ञानाभिषेक किया जाता है।

किन्तु वज्रज्ञानाभिषेक एवं वज्रयोग साधन के पूर्व इस प्रक्रिया में सम्पन्न होने वाले पिण्ड के प्रति रागबुद्धि वाले पुद्गलों की साधना का सामान्य परिचय प्रदर्शित करते हुये वज्रयोग पर पहुँचने का प्रयत्न करेंगे। सामान्य रूप से वज्रयोग के विकास की यही पूर्वपीठिका भी मानी जाती है। अत एव इसका वर्णन आवश्यक प्रतीत होता है।

प्रायः पुद्गल जीव रूपादि के सदा उपभोग करने के कारण मोक्ष से विमुख रह कर वेदनाओं का अभिनन्दन करते हैं, जिसके कारण उनका कुशलचित्त ही दमित हो जाता है, किन्तु इस चित्त के दमन का कारण रागादि क्लेश ही है। अत एव इसको नष्ट करने के हेतु श्रद्धादि का उत्पाद करना चाहिये।

प्रायः अज्ञानी पुद्गल चार प्रकार के विपर्याय उत्पन्न करते हैं। कुछ पुद्गल अशुचि काय में शुचिबुद्धि के द्वारा रागबुद्धि रखते हैं, कुछ दुःखसत्य में ही कदाचित् सुखाभिव्यक्ति से सुख की ही अभिव्यंजना करते हैं, कुछ अज्ञानी अनित्य में ही नित्य की भावना एवं कुछ अनात्म में आत्मबुद्धि रखते हैं।

अत एव इन रागादिजन्य क्लेशों को दूर करने के लिये शमथ तथा विपश्यना भावना करनी पड़ती है। इनके आधार पर लौकिक तथा अलौकिक समाधियां उपलब्ध होती हैं। शमथ सिद्ध करने में कुछ अन्तराय होते हैं[1]। उनको दूर करना होता है। धर्मस्वरूप को जानने के लिये इन दोनों भावनाओं की नितान्त आवश्यकता पड़ती है। शमथ की इसमें प्राथमिकता है। आचार्य शान्तिदेव कहते हैं :—

शमथेन विपश्यनासु युक्तः कुरुते क्लेशविनाशमित्यवेत्य।
शमथः प्रथमं गवेषणीयः स च लोके निरपेक्षयाभिरत्या॥

(बोधिचर्यावतार, पृ० १३७)

इस शमथ भावना के सिद्ध हो जाने पर श्रावक को उपर्युक्त चार प्रकार के विपर्यासों को दूर करने के लिये स्मृत्युपस्थान भावना करनी चाहिये। इसीलिये अभिधर्मकोशकार कहते हैं—

निष्पन्नशमथस्यैव स्मृत्युपस्थानभावना।
कायवाक्चित्तधर्माणां विलक्षणपरिक्षणात्॥ (अभि०को० ६-१४)

इस प्रकार उपर्युक्त विपर्यासों को नष्ट करने के लिये चार प्रकार के स्मृत्युपस्थान भी करने पड़ते हैं। इन चारों स्मृत्युपस्थानों में धर्मस्मृत्युपस्थान से ही सभी बाह्य वस्तुओं में अनित्य दुःख एवं शून्य भावनाएँ उत्पन्न होती हैं। अभिधर्म बतलाता है—

स धर्मस्मृत्युपस्थाने समस्तालम्बने स्थितः।
अनित्यदुःखतः शून्यानात्मतस्तान् विपश्यति॥ (अभि०को०६-१८)

धर्मस्मृत्युपस्थान को ही सम्भिन्नालम्बन भी कहते हैं। यह सम्पूर्ण पंच स्कन्धों को सामान्यालम्बन के रूप में निर्देश करता हुआ अन्य सभी स्मृत्युपस्थानों को अपने में ही एकात्मीभूत कर के सम्पूर्ण बाह्य पदार्थों को अनित्य रूप से, शून्य रूप से, तथा दुःख रूप से समझता है। वह योगी शरीर को परमाणु का संघात मानकर क्षणसन्तान के अन्दर परमाणुओं को एक-एक तथा अलग-अलग क्षण के रूप में देखता है। मनुष्योत्पत्ति के निमित्त कललादि बीजों को अशुचि अंगों से

---

१. कौसीद्यमवसादस्य सम्भाषा लय उद्धवः।
संस्कारानामसंस्कारैश्चैते पञ्चात्यया मताः॥

(आर्यमैत्रेयनाथ कृत मध्यान्तविभाग, सं० छा० ४६)

युक्त एवं मिश्रित मानकर योगी सम्पूर्ण लोक को देखता है और उसमें अनित्यत्वादि की भावना से वह तज्जन्य अहंकार ममकार का नाश करता है। उसके प्रहाण हो जाने पर रागादि दोष भी श्रुतचिन्तामयी प्रज्ञा से नष्ट हो जाते हैं। यह अभिधर्मदीपकार का मत है—

समस्तालम्बिनान्त्येन तान्वेत्य ध्रुवतादिभिः।
क्लेशात्यन्तक्षयोऽन्त्येन संभिन्नालम्बनेन वा ॥
(श्लो० ३८४, पृ० ३१६-१७, अ० ६ पा० १)

इस प्रकार सम्पूर्ण राग क्लेशों का अत्यन्त क्षय किया जाता है। सामान्य रूप से पुनः इन विषयों का दो विभाग किया जाता है—सास्रव तथा अनास्रव। इनमें सास्रव स्कन्धों के उदय-व्यय का साक्षात् दर्शन होता है। अत एव दीपकार कहते हैं—

असंभिन्नार्थविषयं त्रयमेतद् द्विधेष्यते।
तस्यैव पश्यतः साक्षादुदयव्ययदर्शनम् ॥ (श्लो० ३८५, पृ० ३१८)

इस प्रकार इस स्मृत्युपस्थान के रूप में अनित्यकार भावना करने पर संस्कारों में प्रतिक्षण उदय-व्यय का दर्शन होता है। यह दर्शन चक्र की भाँति होता है। फलतः स्कन्धों में अपने संस्कारों को सन्तान के रूप में पाते हैं। फिर भी उनका क्षय नहीं ज्ञात होता। यही प्रतीत्यसमुत्पाद का रूप हो जाता है और तीनों कालों के संस्कारों में हेतुफल के सम्बन्ध के रूप में अवस्थित देखते हैं और इसी से प्रतीत्यसमुत्पाद का रूप बन जाता है।

स्कन्धेषु जायते चक्रभ्रमरिकादिवत्।
सप्रतीत्यसमुत्पादं स्कन्धानां प्रत्यवेश्यते ॥
(वही श्लो० ३३६, पृ० ३१८-३१९)

प्रतीत्यसमुत्पन्न रूप से इन संस्कारों को जानकर इनकी चतुरार्यसत्यों में से कौन है इस प्रकार की भावना करता है, तथा अनित्यता तथा दुःखतारूप में देखता है। इस प्रकार वह इन सभी रागादिजन्य क्लेशों को स्वतन्त्र कर्ता से रहित शून्य रूप में देखता है। फिर भी अपने वश अब उनके रहने पर भी सहकारी प्रत्ययों से वे अपनी क्रिया करते रहते हैं और इनके अधीन जन्म आदि के होने से अपने को अनात्मा रूप में देखता है। अभ्यासवश इस प्रकार से अपने को अधिष्ठाता तथा परतन्त्र रूप में सदा देखता हुआ किसी भी ईश्वर या परमेष्ठी को नहीं मानता। अत एव सामान्य लक्षणों से युक्त परतंत्र ही संस्कार है। इस प्रकार की परीक्षा के बाद वह सभी धर्मों में नैरात्म्य बुद्धि स्थापित करता है। इस रूप से समाधि-भावना करता हुआ जब प्रज्ञा-बल से वह सभी धर्मों को अनात्म रूप में देखता है तो वह दुःखों से दूर हटकर विशुद्धिमार्ग को प्राप्त करता है। कहा भी है—

सर्वे धर्मा अनात्मानः पश्यति प्रज्ञया यदा ।
तदा निर्विद्यते दुःखादेष मार्गो विशुद्धये ।
(अभिधर्मदीप में उद्धृत, पृ० ३१९)

सत्येपुपातयित्वातं तदा कश्चित्यदीक्षते ।
तदनित्यत्वदुःखत्वे समवेत्य ततः पुनः ॥
अकर्तृकान्निरीहांश्च प्रत्ययाधीनसंभवान् ।
दृष्ट्वा सर्वेष्वनात्मेति तवत्तकारं नि)षेवते ॥
सर्वधर्मे(षु नै)रात्म्ये स्थिरा बुद्धिः प्रवर्तते । (वही, पृ० ३१९)

अब यहां विचार करने की यह एक बात है कि अभिधर्मदीपकार एवं व्याख्याकार यह कहते हैं कि सभी धर्मों को अनात्मा रूप में जब योगी प्रत्यक्ष करता है, तो उनको शून्यरूप में भी क्यों नहीं प्रत्यक्ष करता ?

इस प्रश्न का उत्तर बहुत ही सुन्दर रीति से निबन्ध की पूर्व कल्पना में ही प्रस्तुत किया गया है, तथापि उसे स्पष्ट करना उचित समझ कर अभिधर्मदीपकार से उसकी सम्मति प्रदर्शित की जा रही है ।

प्रायः यह सुस्पष्ट है कि श्रावकयानी पुद्गल पिण्ड में अकुशल चित्तों से आत्म-ग्राह रूप से उसमें जकड़ा हुआ है । अत एव पिण्ड की अपनी स्वरूपसत्ता उन ग्राहों से व्यतिरिक्त भी है, ऐसा मालूम होता है । अत एव दीपकार कहते हैं—

स्वभावेनाविशून्यत्वा(द्) धर्ममुद्रा नु (उ) दाहृते (ता) ।
तदुक्त्या च तदुक्तत्वाच्छून्याकारो ण (न) देशितः ॥
(वही, पृ० ३९०)

सम्पूर्ण संस्कार मात्र स्वभावशून्य ही नहीं है, क्योंकि पृथिवी, जल, तेज, वायु प्रभृति के काठिन्यादि गुणों और उनके आधारों का भी प्रत्यक्ष होता है । रागादि के दोष से समुत्पन्न क्लेशों का श्रद्धा आदि गुणों से चित्त के मल की शुद्धि कर दी जाती है, तथापि हरीतकी, चित्रक, दन्ती जैसे के रस, वीर्य एवं विपाक के प्रभाव का दर्शन होने से उन सभी धर्मों की अपनी स्वभावता के कारण सभी की धर्ममुद्रा की भाँति सत्ता होने से शून्यरूप नहीं कहा जाता । यद्यपि सभी धर्म अनात्मरूप से कहे जाते हैं और उसी से उनकी शून्यता भी उक्त मालूम होती है, किन्तु इस कथन से नैरात्म्यवाद की ही मात्र स्थिरता द्योतित होती है ।

किन्तु पारमितायान में तो सभी धर्मों की प्रतीत्यसमुत्पाद के आधार पर स्थिति होने के कारण उनकी अपने में शून्यता ही प्राप्त की जाती है । अत एव बोधिसत्व पुद्गल ज्ञानसंभारी के बल से शमथ एवं विपश्यना द्वारा वस्तु की शून्यता मात्र का

ज्ञान करता है। यहाँ तक श्रुतचिन्तामयी प्रज्ञा के द्वारा एकाग्रता की बात कही गई है। अब आगे भावनामयी प्रज्ञा का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत किया जा रहा है।

ज्यों ज्यों कुशल चित्तों का उत्पाद एवं अकुशल चित्तों का निरोध करके चित्त की एकाग्रता साधी जायगी, त्यों त्यों चित्त में कुछ अजीव सा हल्कापन प्रतीत होता है और साधक आगे समाधि के लिए उद्यत होता जाता है। अतः भावनामयी प्रज्ञा के बल से पुनः चार निर्वेधभागीय कुशलमूलों का उत्पाद किया जाता है। ये हैं—ऊष्मधर्म, मूर्धा, सत्यानुकूल क्षान्ति तथा लौकिकाग्रधर्म।

प्रायः सभी इन ध्यानविधियों में पहले चित्त को एकाग्र किया जाता है। फिर क्रमशः काम, वेदना, चित्त आदि धर्मों को अनित्य, दुःख, शून्य एवं अनात्म रूप से भावना करते हुये प्रत्येक संस्कारों में अनित्यदुःखशून्य एवं अनात्म की पारमार्थिक भावना को उत्पन्न किया जाता है। काष्ठ के बार-बार रगड़ने से उत्पन्न अग्नि की भाँति चित्त को भी बुद्धबिम्ब में बार-बार एकाग्र करने से परिशुद्ध कुशलमूल श्रद्धा का उत्पाद होता है। फिर इन चारों प्रत्ययों से वह षोडश आकारों वाले चार अभिसत्यों को देखता है। इस प्रकार जब साधन का चित्त वीर्यशाली होकर षोडशाकार कुशल धर्मों में हमेशा आतापी होकर विहार करता है तो उसे ऊष्मधर्म कहते हैं। इसमें भी जब कुशलमूल बढ़ जाता है, तो वह मूर्धा कुशलमूल कहलाता है। सत्यक्षान्ति से अनुगत मूर्धा का नाम ही क्षान्ति कुशलमूल है। यह तीन प्रकार का होता है। उसे अधिमात्र, मध्य तथा मृदु कहते हैं। पुनः विपश्यना के द्वारा जब चारों आर्यसत्यों की चारों दृष्टियों से षोडश आकारों को देखता हुआ योगी कुशलमूलों को बढ़ाता है तो उसे ही लौकिकाग्रधर्म कहते हैं। इस अवस्था में श्रद्धादि पंचेन्द्रियों का उत्पाद कोई-कोई मानते हैं। वस्तुतः चित्त के एकाग्र हो जाने पर ही चित्त और चैतसिकों के धर्म ही लौकिकाग्रकुशलमूल कहे जाते हैं। अभिधर्मसमुच्चय में इन चारों अवस्थाओं को क्रमशः चार समाधियों के रूप में कहा गया है। वे हैं—आलोकलब्ध समाधि, आलोकवृद्ध समाधि, एकदेशप्रविष्टानुसृत समाधि, एवं आनन्तर्यचित्त समाधि। इन प्रत्येक समाधियों में प्रज्ञा का संयोग सदा बना रहता है। पारमितायान में इन चारों समाधियों का निम्नलिखित रूप बतलाया गया है।

धर्मप्रविचय के द्वारा जब समाहित चित्त वाला साधक सभी धर्मों में नैरात्म्य की भावना करने से अर्थों की पृथक् अभिनिविष्ट सत्ता को न पाकर किञ्चित् ज्ञानालोक रूप सत्ता के कारण चित्तमात्र की ही सत्ता को देखता है, तो उसी को आलोकलब्ध समाधि नामक ऊष्मगत अवस्था कहते हैं और जब उसी धर्मालोक की अभिवृद्धि के लिए पुनः उसमें नैरात्म्य भावना की जाती है तो वीर्य का आरम्भ होता है। उस समय उसकी कुछ मध्य आलोक वाली सत्ता होती है। वही वृद्धालोक समाधि नामक मूर्धावस्था

कहलाती है और जब चित्तमात्र की अवस्था बिलकुल स्पष्ट हो जाती है तथा बाह्यार्थाभिनिवेश का अभाव हो जाता है तो मात्र ज्ञानालोक उत्पन्न होता है। वही सत्त्वार्थैकदेशप्रविष्ट समाधि नामक क्षान्त्यवस्था कहलाती है। इस प्रकार जब अर्थों को ग्रहण करने वाले विक्षेपों को ज्ञानालोक ही निष्पन्न करने लगता है, तो उनको आनन्तर्यसमाधि नामक लौकिकाग्रधर्मावस्था कहते हैं। महायानसूत्रालंकार में भी इन निर्वेध भागियों के विषय में लिखा है—

ततश्चासौ तथाभूतो बोधिसत्त्वः समाहितः।
मनोजल्पाद् विनिर्मुक्तान् सर्वार्थान् प्रपश्यति॥
धर्मलोकस्य वृद्ध्यर्थं वीर्यमारभते दृढम्।
धर्मालोकविवृद्ध्या च चित्तमात्रेऽवतिष्ठते॥
सर्वार्थप्रतिभासत्वं ततश्चित्ते प्रपश्यति।
प्रहीणो ग्राह्यविक्षेपस्तदा तस्य भवत्यसौ।
ततो ग्राहकविक्षेपः केवलोऽस्यावशिष्यते।
आनन्तर्यसमाधिश्च स्पृशत्याशु तदा पुनः॥

ये उपर्युक्त कुशलमूल ही निर्वेधभागीय कुशलमूल की संज्ञा पाते हैं। यहाँ से आर्यमार्ग प्रारम्भ होता है। इन कुशलमूलों में दुःखसत्यों का वेध किया जाता है। अत एव वे निर्वेधभागीय कहे जाते हैं। अभिधर्म-कोश-भाष्यकार निर्वेधभागियों की व्याख्या निम्न प्रकार से करते हैं—"निर्वेधभागीयानिति कोऽर्थः? विध विभागे निश्चितो वेधो निर्वेधः आर्यमार्गः, विचिकित्साप्रहाणात् सत्यानां च विभजनादिदं दुःखमयं यावद् मार्ग इति। तस्य भागो दर्शनमार्गैकदेशः। तस्यावाहकत्वेन हितत्वान्निर्वेधभागीयान्" इति (अभिधर्मदीप, पृ० ३९० में उद्धृत)।

पश्चात्तु खलु निर्वेध आर्यमार्गाह्वयस्ततः।
स यस्मान्निश्चितो वेधस्तस्मान्निर्वेध उच्यते॥
(वही, पृ० ४२२, श्लो० ४२२)

इस प्रकार लौकिकाग्रधर्म से अनास्रवलोकोत्तरधर्ममात्र का अवलोकन करने वाली दृष्टि उत्पन्न होती है। सूत्र में कहा भी गया है—

"लौकिकाग्रधि(ष्ठ)र्मानन्तरं समं नियममवक्रामति, यदवक्रान्तौ पृथग्जनभूमिं समतिक्रामति" इति। (अभिधर्मदीप पृ० ४३२-३३ में उद्धृत)

अभिधर्मकोश में भी कहा है—

लौकिकेभ्योऽग्रधर्मेभ्यो धर्मक्षान्तिरनास्रवा।
कामदुःखे ततोऽत्रैव धर्मज्ञानं तथा पुनः॥

ऊष्मगतादि चतुर्निर्वेदभागीय कुशलमूलों के आधार पर दुःखादि में धर्मज्ञान-क्षान्ति आदि पंचदश क्षणों वाले दर्शनमार्ग की उत्पत्ति होती है। फिर भावनामार्ग के अधिगम से त्रैधातुकों के क्लेशोपक्लेश राशि के नाश होने से आर्यसत्यों के क्षय के अनुत्पाद का ज्ञान होता है। इसमें ही आर्य पुद्गल क्लेशों का क्रमशः प्रहाण करता हुआ विमुक्तिमार्ग का आश्रयण करने वाली वज्रोपम समाधि का लाभ करता है। तदनन्तर क्रमशः अध्याशयानुसार अर्हत् तथा बुद्धत्व का लाभ होता है। किन्तु इस अर्हत्व और बुद्धत्व की अवस्था तक पहुँचने में अनेक जन्म लग जाते हैं। अत एव पुद्गल मन्त्रयानी साधन-पथ में प्रवृत्त होता है।

प्रायः यह देखा जाता है कि जैसा कार्य होता है, उसकी प्राप्ति के लिये उसी प्रकार का उपादान कारण भी आवश्यक होता है, क्योंकि अन्य सहायक कारण चाहें कितने भी हों, तथापि कार्य की निष्पत्ति तब तक नहीं होती जब तक कि उपादान कारण वर्तमान न रहे। ठीक इसी प्रकार पारमिता यान में बुद्धत्व प्राप्ति के लिये दो प्रकार के संभारों का अर्जन किया जाता है। वे है—पुण्यसंभार तथा ज्ञानसंभार। पुण्यसंभार के पूर्ण होने पर रूपीकाय तथा ज्ञानसंभार के पूर्ण होने पर धर्मकाय की प्राप्ति होती है। रूपीकाय के द्वात्रिंशत् लक्षणों के प्रसाधक हेतुओं की चर्चा करते हुये आचार्य हरिभद्र ने अभिसमयालंकारालोक में लिखा है—

यस्य यस्यात्र यो हेतुर्लक्षणस्य प्रसाधकः।
तस्य तस्य प्रपूर्यायं समुदागमलक्षणः॥
गुरूणामनुयानादिर्दृढता संवरं प्रति।
संग्रहासेवनं दानं प्रणीतस्य च वस्तुनः॥
वध्यमोक्षसमादानं विवृद्धिः कुशलस्य च।
इत्यादिको यथासूत्रं हेतुर्लक्षणसाधकः॥

(अभि० २६ परिवर्त)

अर्थात् उपर्युक्त रूपीकाय (संभोगकाय) के जो लक्षण हैं, उनके प्रसाधक हेतुओं को पूर्ण करने पर आर्य पुद्गल उनका अधिगम करता है। साधक को गुरु की विदाई, स्वागत एवं सेवा आदि अपने प्रतिज्ञात शील का दृढतापूर्वक पालन, चार संग्रह वस्तुओं का सेवन, अपनी प्रियतम वस्तु का भी दान, वध्य होने वाले पशुओं आदि की भक्ति, कुशल कर्मों का ग्रहण एवं उसका प्रचार आदि उपर्युक्त लक्षणों के साधक हैं। इन कर्मों से पुण्यसंभार की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार जगत् की परिकल्पित सत्ता के ज्ञान होने से ज्ञानसंभार की प्राप्ति होती है। क्लेशावरण तथा ज्ञेयावरण के प्रहाण से वस्तु की तथता का साक्षात्कार हो जाता है। ज्ञानसंभार के बल से ज्ञानधर्मकाय की प्राप्ति होती है। अत एव बोधिसत्व को सम्पूर्ण पारमिताओं का सम्पादन करना पड़ता है। पारमिताओं में दान और शील के पूर्ण करने पर पुण्यप्रज्ञा के पूर्ण करने

पर ज्ञान तथा अन्य तीन ध्यान, क्षान्ति और वीर्य से दोनों संभारों की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार भूमियों की भी पूर्णता आवश्यक है।

यह ठीक है कि साधक इन संभारों का अर्जन करता हुआ क्रमशः संभोगकाय तथा धर्मकाय को प्राप्त करता है, तथापि यह कार्य कहने मात्र से पूर्ण होने योग्य नहीं है, क्योंकि पारमितायानी साधक गुरु के गुणों का क्रमशः अनुकरण करता हुआ बुद्धरूप गुरु की पूर्णता को बहुत दिनों में ही प्राप्त कर सकता है। वज्रयानी साधना की इसमें कुछ अपनी ही विशेषता है, क्योंकि वह कहता है कि मनुष्य सदा अपने श्वासों एवं प्रश्वासों के साथ ही रहता है। चाहे वह जीवित हो या परिनिर्वृत, उसकी चित्तसन्ततियों के साथ श्वास-प्रश्वासों का भी गमन तथा आगमन होता है। अत एव वज्रयानी साधक इन श्वास-प्रश्वासों को ही रूपीकाय (संभोगकाय) का उपादान कारण मानता है और धर्म के स्वरूप को जानने वाली प्रज्ञा का शून्यता दृष्टि से बोध करता हुआ क्रमशः धर्मकाय को प्राप्त करता है।

वज्रयानी साधक अब उपर्युक्त विधि के द्वारा सम्पूर्ण शरीर का विश्लेषण शुरू करता है। वह कहता है कि जिस प्रकार समस्त भू-मण्डल मेरु पर्वत पर आधारित है, उसी प्रकार मनुष्य शरीर भी मेरुदण्ड अथवा रीढ़ पर आधारित है। यह कटिभाग से लेकर शिर तक जाती है। शिर में ही सहजरूपात्मक तथतास्वरूप बुद्ध का निकेतन है, जिसका ज्ञान योग-साधना के द्वारा होता है। अब साधक इस मेरुदण्ड के शीर्ष पर विराजमान बुद्ध तत्त्व का साक्षात्कार करने के लिये इन श्वास-प्रश्वासों का सहारा लेता है। उस सहजतत्त्व तक पहुँचाने वाली नाड़ी को अवधूती कहते हैं। यह शरीर में ही विद्यमान है। किन्तु अवधूती का जागरण करना पड़ता है। इसे ही हिन्दू तान्त्रिक कुण्डलिनी जागरण कहते हैं। इस अवधूती के दाँयें और बाँयें दो नाड़ियाँ होती हैं, जिन्हें रसना तथा ललना कहते हैं। इन्हीं को दर्शन की भाषा में उपाय तथा प्रज्ञा भी कहा जाता है। इन रसना और ललना का समन्वय अवधूती में होता है। इन्हीं नाड़ियों के ऊपर तथा नीचे की ओर श्वास-प्रश्वास आया जाया करते हैं। वे प्राण स्वरूप हैं। इन दोनों को नियन्त्रित करके अवधूती का जागरण करना पड़ता है। किन्तु यह काम बहुत आसान नहीं है। क्योंकि जब तक मनुष्य के विचार नियन्त्रित नहीं हो जाते हैं, तब तक यह श्वास-प्रश्वास यों ही आया जाया करते हैं। अत एव अपने विचार या मन को संयमित करने के लिये हमें वाम नाड़ी ललना में आलि अर्थात् षोडश स्वरों का, तथा दक्षिण नाड़ी रसना में कालि अर्थात् व्यंजनों का गमनागमन कल्पित करना पड़ता है। ये दोनों नाड़ियाँ जहाँ जाकर मिलती हैं, उसे अवधूती कहते हैं। वही प्रज्ञोपाय का मिलन-स्थल है। ये स्थल देह के नाभिप्रदेश, हृदयप्रदेश तथा शिरःप्रदेश में होते हैं। इन स्थलों पर विभिन्न नाड़ियों की संधिस्थली के कारण उनकी चक्ररूप में

कल्पना की गई है। वे चक्र विभिन्न कमल दलों वाले हैं। नाभिप्रदेश को निर्माणचक्र कहते हैं, यह चौसठ दलों वाला होता है। हृदयप्रदेश को धर्मचक्र कहते हैं, यह आठ दलों वाला होता है। कण्ठप्रदेश को संभोगचक्र कहते हैं, यह सोलह दलों वाला होता है, और शिरःप्रदेश को महासुखचक्र कहते हैं। वह वत्तीस दलों वाला होता है। इनमें से नाभिचक्र में ललना, रसना और अवधूती नाड़ियों का संगम होता है। ललना वाम भाग से तथा रसना दक्षिण भाग से आकर अवधूती से मिलती है। वह अवधूती ऊपर की तरफ जाती है। जब ललना तथा रसना मन को केन्द्रित करते हुए अवधूती में मिलती हैं, तो वह बोधिचित्त रूप अवधूती को जागृत करती है। वह बोधिचित्त शुक्र-स्वभावात्मक होता है। वह उद्‌बुद्ध बोधिचित्त महासुख-रूप ब्रह्मरन्ध्र में स्थित बोधिचित्त से मिलने के लिये ऊपर चलता है। वहाँ वह चन्द्र कहलाता है। जब ललना तथा रसना पूर्णरूप से संयमित कर दी जाती हैं, तो श्वास-प्रश्वास बिलकुल शांत हो जाते हैं, तथा नाड़ियाँ नियन्त्रित हो जाती हैं। यह प्रज्ञा तथा उपाय स्वरूप होने के कारण शान्त होकर नाभि में बोधिचित्त के रूप में मिलते हैं। इस प्रज्ञा और उपाय के मिलन को चण्डाली कहते हैं। वह अग्निस्वरूप होती है। वही 'अ' वर्ण के रूप में नैरात्म्या, डोम्बी एवं अवधूती के रूप में भी कही जाती है। अग्निस्वभाव की होने के कारण चण्डाली ऊर्ध्वगमन करती हुई क्रमशः नाभि, हृदय, कण्ठ तथा शिरो देश को चली जाती है। वहाँ उष्णीषकमल जो महा-सुखरूप, बोधिचित्त या चन्द्ररूप होता है, उसमें अग्निरूप चाण्डाली मिलती है। फलतः चन्द्रमा का स्रवण होता है। वहाँ शान्त होकर वह 'हँ' स्वरूप को धारण करती है। पुनः वह नीचे की तरफ अन्य चक्रों से होती हुई पूरे शरीर का चक्कर लगाती है और वह निर्माणचक्र में पहुँच कर 'अ' तथा 'हँ' रूप को एक में मिलाकर अहंरूप वाली होती है। इस स्वरूप को प्राप्त करने में गुरु-कृपा की महती आवश्यकता है। अत एव उनके अनुसार मण्डल, मुद्रा, ध्यान, जप आदि सम्पन्न करना होता है तथा पूर्णावस्था का लाभ होता है। इसीलिये सरहपाद कहते हैं—

एत्थु से सुरसरि जमुणा, एत्थु गंगासाअरु।
एत्थु प्रयाग वाराणसी, एत्थु ते चन्ददिवाअरु॥
वरवेत्थु पीठ उपपीठ, एत्थु महममह परिटढओ।
देह सरिसऊ तित्थ, महं सुह अण्ण (सुणेहु) ण दिट्ठजो॥ (दोहा कोश)

जब मन शान्त हो गया तो शरीर के सभी बन्धन नष्ट हो जाते हैं और जब साधक को सहज चतुर्थ अवस्था का स्वाद मिल जाता है तो उसके लिये न कोई ब्राह्मण होता है और न अब्राह्मण ही। उसके शरीर में ही गंगा, यमुना नदियों का वास है, वहीं प्रयाग तथा वाराणसी हैं, उसी में सूर्य तथा चन्द्र हैं। हमने सभी तीर्थ स्थानों का भ्रमण कर लिया। हमारे भ्रमण करने के लिये कोई तीर्थ स्थान नहीं छूटा। मैंने अपने शरीर की भाँति एक और भी आनन्दस्थली देखी है।

ठीक इसी प्रकार देह में ही सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का वास है। इसकी यथार्थता शिवसंहिता के द्वितीय पटल के प्रारम्भ में देखने को मिलती है—

देहेऽस्मिन् वर्तते मेरुः सप्तद्वीपसमन्वितः।
सरितः सागराः शैलाः क्षेत्राणि क्षेत्रपालकाः॥
ऋषयो मुनयः सर्वे नक्षत्राणि ग्रहास्तथा।
पुण्यतीर्थानि पीठानि वर्तन्ते पीठदेवताः॥
सृष्टिसंहारकर्तारौ भ्रमन्तौ शशिभास्करौ।
नभो वायुश्च वह्निश्च जलं पृथ्वी तथैव च॥
त्रैलोक्ये यानि भूतानि तानि सर्वाणि देहतः।
मेरुं संवेष्ट्य सर्वत्र व्यवहारः प्रवर्तते॥
जानाति यः सर्वमिदं स योगी नात्र संशयः।
ब्रह्माण्डसंज्ञके देहे यथादेशं व्यवस्थितः॥

इसी प्रकार श्रीमद्भागवत (स्कन्ध २ अध्याय ५) में ब्रह्माण्डरूपी विराट् शरीर का यह वर्णन है। वहाँ कहा गया है कि कटिदेश से ऊपर सात लोक हैं, तथा कटिदेश से नीचे भी सात लोक हैं—

स एव पुरुषस्तस्मादण्डं निर्भीय निर्गतः।
सहस्रोर्वङ्घ्रिबाह्वक्षः सहस्राननशीर्षवान्॥
यस्येहावयवैर्लोकान् कल्पयन्ति मनीषिणः।
कट्यादिभिरधः सप्त सप्तोर्ध्वं जघनादिभिः॥
भूर्लोकः कल्पितः पद्भ्यां भुवर्लोकोऽस्य नाभितः।
हृदा स्वर्लोक उरसा महर्लोको महात्मनः॥
ग्रीवायां च जनर्लोको तपोलोको स्तनद्वयात्।
मूर्धभिः सत्यलोकश्च ब्रह्मलोकः सनातनः॥
तत्कट्यां चातलं क्लृप्तमुरुभ्यां वितलं प्रभो।
जानुभ्यां सुतलं शुद्धं जङ्घाभ्यां च तलातलम्॥
महातलं तु गुल्फाभ्यां प्रपदाभ्यां रसातलम्।
पातालं पादतलत इति लोकमयः पुमान्॥

इसी प्रकार हिन्दु तन्त्रों में भी छः चक्रों का वर्णन प्राप्त होता है। किन्तु बौद्धों में छः चक्रों के बजाय चार चक्रों का वर्णन ही प्रचुरतया मिलता है और केवल चार ही नहीं, अपितु चार की संख्या में अन्य अन्यान्य यौगिक विधान 'हेवज्र-तन्त्र' में प्रस्तुत किये गये हैं, वे इस प्रकार हैं—

"सम्बरभेदश्च कथ्यते। आलि-कालि-चन्द्र-सूर्य-प्रज्ञोपाय-धर्म-संभोग-निर्माण महासुखकायवाक्चित्तम्। एवं मया—

एकारेण लोचना देवी वंकारेण मामकी स्मृता।
मकारेण पाण्डुरा देवी च याकारेण तारणी स्मृता॥

निर्माणचक्रं पद्मं चतुष्षष्टिदलम्। धर्मचक्रे अष्टदलम्। संभोगचक्रे षोडशदलम्। महासुखचक्रे द्वात्रिंशद्दलम्। चक्रसंख्याक्रमेण व्यवस्थापनम्। चत्वारः क्षणाः—विचित्रः, विपाकः, विमर्दः, विलक्षणश्चेति। चत्वारि अङ्गानि—सेवा, उपसेवा, साधना, महासाधना चेति। चतुरार्यसत्यानि—दुःख-समुदय-निरोधमार्गाश्चेति। चत्वारि तत्त्वानि—आत्मतत्त्वं मन्त्रतत्त्वं देवतातत्त्वं ज्ञानतत्त्वं चेति। चत्वारः आनन्दाः—आनन्दः परमानन्दो विरमानन्दः सहजानन्दश्चेति। चत्वारो निकायाः—स्थावरी, सर्वास्तिवादः, संविदी, महासंघी चेति। चन्द्रसूर्य आलि कालि षोडश संक्रान्तिश्चतुःषष्टिदण्डो द्वात्रिंशन्नाडी चत्वारः प्रहाराः एवं सर्वे चत्वारः।

चण्डाली ज्वलिता नाभौ दहति पञ्चतथागतान्।
दहति च लोचना नाडी दग्धेऽहं स्रवते शशी॥

(हेवज्र, भाग १ पटल १)

इस प्रकार उपर्युक्त चार कायों एवं चार चक्रों आदि चार चार के समुदायों के अनुसार जो जो उपदेश दिये गये हैं, उन सभी का अधिगम द्वारा चण्डाली का जागरण होता है। वह चण्डाली 'अ' मातृक के रूप में नाभिदेश में अवधूति के रूप में विख्यात है। जो पुंप्रकृति के रूप में बोधिचित्त तथा स्त्रीप्रकृति के रूप में 'नैरात्म्या देवी' के रूप में कल्पित है। वह सुखरूप बोधिचित्त से उष्णीष-कमल में मिलती है। इसके सहज रूप में आपन्न होने से सम्पूर्ण कायवाक्चित्तरूप पिण्ड की शाश्वत रक्षा होती है। यह अकार मातृका ही मन्त्र है, क्योंकि अरूप बोधिचित्तोत्पाद से ही पुद्गल का त्राण होता है और सहजतत्त्व तक जाने का मार्ग खुल जाता है। अत एव पुद्गल के मन का रक्षक होने के कारण वह अकार ही मन्त्र है, क्योंकि वह परमाक्षर है। मूलतन्त्र में कहा है—

कायवाक्चित्तधातूनां त्राणभूतो यतस्ततः।
मन्त्रार्थी मन्त्रशब्देन शून्यताज्ञानमक्षरम्॥
पुण्यज्ञानमयो मन्त्रः शून्यताकरुणात्मकः।

(सेकोद्देशटीका, पृ० ६९)

अकारमन्त्र ही धर्मधातु आदि विभिन्न रूपों वाला है। इसे 'मूलतन्त्र' में ही निम्न प्रकार का बतलाया गया है—

अकारसंज्ञकः प्रोक्तो धर्मधातुर्महाक्षरः।
वज्रयोनिर्जिनेन्द्राणां कायवाक्चित्तकारणम् ॥

तथता भगवान् बुद्धः सम्बुद्धोऽकारसम्भवः।
अकारः सर्ववर्णाग्र्यो महार्थः परमाक्षरः ॥

महाप्राणो ह्यनुत्पादो वाक्यताहारवर्जितः।
सर्वाभिलापहेत्वग्रः सर्ववाक् सुप्रभास्वरः ॥

कायवाक्चित्तनिष्पत्तिस्त्रिवज्राभेद्यधर्मिणी।
यस्याः सा जिनकायानां वज्रयोनिः प्रगीयते ॥

सर्वैश्वर्यादिधर्माणां बुद्धानामुदयो यतः।
स धर्मोदय आख्यातः पुण्यज्ञानमयः परः ॥

(सेको० टीका, पृ० ६९–७०)

इस 'अ' स्वरूपात्मक बोधिचित्त की सिद्धि रहस्यात्मक होने के कारण गुरुमुखैकवेद्य है। मन्त्रयान में गुरु की बड़ी विशेषता बतलायी गयी है। इसकी अन्य यानों से भी विशेषता बतलायी गयी है। अद्वयवज्रसंग्रह में लिखा है—मन्त्रनय अत्यन्त गंभीर है। अत एव गंभीर नय को ग्रहण करने वाले पुरुषों का विषय है। इसमें चतुर्मुद्रादि का प्रकाशन अत्यन्त विस्तार पूर्वक होने से सभी के उपदेश योग्य नहीं है। अत एव तीक्ष्णेन्द्रिय पुद्गलों के द्वारा वेदनीय है। कहा भी है—

एकार्थत्वेऽप्यसंमोहात् बहूपायाददुष्करात्।
तीक्ष्णेन्द्रियाधिकाराच्च मन्त्रशास्त्रं विशिष्यते ॥

(अद्वयवज्र, पृ० २१)

पहले हम कह चुके हैं कि पारमितायान तथा वज्रयान के उद्देश्य (फल) में भेद नहीं है। इन दोनों यानों का उद्देश्य बुद्धत्व को प्राप्त करना है। किन्तु उस बुद्धत्वरूपी उद्देश्य को प्राप्त करने के उपाय में महान् अन्तर है। गुह्य वज्रयान में रूप का असाधारण हेतु गंभीर उपाय होता है। पारमिता यान में रूप का आसाधारण हेतु गंभीर उपाय न होकर बोधिचित्त एवं षट्पारमिता मात्र है। गुह्य वज्रयान का वह गंभीर उपाय अपने इष्ट देव से योग की भावना है। इसके द्वारा फल अवस्था में प्राप्त होने वाले रूपकाय की आकृति एवं स्थान आदि की अपनी आकृति एवं स्थान आदि से समानता है। यह ठीक ही है, क्योंकि 'देवो भूत्वा देवं यजेत्' यह साधन का प्रधान उद्घोष है। अत एव अपने स्वरूप को देव के समान बनाकर पुनः उसकी (देव की) पूजा करनी चाहिये। इसी लिये पंच ध्यानी बुद्धों की भावना आदि का प्रदर्शन किया जाता है।

अब इस पृष्ठभूमि पर 'गुह्य वज्रयान के योग' का तात्पर्य क्या है ? इस पर थोड़ा सा विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है। गुह्य[1] शब्द की व्याख्या करते हुये बतलाया गया है कि काय, वाक् तथा चित्त ये तीन प्रकार के गुह्य हैं। ये बोधिचित्त से भेद्याभेद्य स्वभाव वाले हैं। वज्र[2] की व्याख्या में भी बतलाया जाता है कि वज्र शून्यरूप हीरा है, जो अच्छेद्य, अभेद्य, अप्रवेश्य, अदाह्य, अविनाश्य तथा दृढ़ है और [3]वज्रयान का अर्थ सभी तथागतों का ज्ञान बतलाया गया है। इसी प्रकार योग[4] को प्रज्ञा तथा उपाय की समापत्ति (पूर्णतायोग) माना गया है।

अब वज्रयोग क्या है ? इसके स्पष्टीकरण के लिये विमोक्षों की पूर्णता किस रूप से होती है, इसका विभिन्न यानों के आधार पर वर्णन प्रस्तुत किया जा रहा है। जैसा कि श्रावकयान एवं पारमितायान की चर्चा में कहा गया था कि दर्शन मार्ग के सोलह क्षणों में से १५ क्षणों के अनन्तर भावना मार्ग प्राप्त होता है और उसके अन्तिम क्लेश का अधिमात्र। अधिमात्र भावना मार्ग के द्वारा क्रमिक श्रावक 'वज्रोपम समाधि' का अधिगम एवं पारमिता यान के बोधिसत्त्व को भावनामार्ग के द्वारा नौ भूमियों की पूर्णता के पश्चात् १०वीं भूमि में 'चरमभविक आनन्तर्य मार्ग' की उपलब्धि होती है, जो 'वज्रोपम समाधि' के समान है। जिसके द्वारा अतिसूक्ष्म क्लेशों का नाश कर दिया जाता है, वही बुद्धत्व का अधिकारी होता है। ऐसी ही प्रक्रिया वज्रयान की भी है, किन्तु इस वज्रोपम समाधि के प्राप्त होने के पूर्व ही विमोक्षों का लाभ करना पड़ता है और तब वज्रोपम की अवस्था प्राप्त होती है।

अब तीनों विमोक्षों का तीनों यानों के अनुसार वर्णन प्रस्तुत किया जा रहा है। आर्य असंगपाद कृत महायानसंग्रह में लिखा है —

"यत्र शून्यता अनिमित्तता अप्रणिहितता निर्विशेषेण रूपेण कथिता, तत्र तु श्रुतचिन्तनभावनामयी प्रज्ञा एव वेदितव्या। यत्र ताभिः सह समाधिशब्द उक्तस्तत्र तु भावनामयी लौकिकालौकिका एव प्रज्ञा वेदितव्या। यत्र च ताभिः सह विमोक्षद्वारः कथितः, तेन तु केवलमलौकिकेव प्रज्ञा वेदितव्या" (संस्कृत छाया)।

इन तीनों सूत्रों को समझने के पूर्व विमोक्षों को समझ लेना आवश्यक है। विमोक्ष मुक्ति के द्वार हैं। विमुक्तियाँ दो प्रकार की होती हैं—चेतोविमुक्ति तथा

---

१. त्रिविधं कायवाक्चित्तं गुह्यमित्यभिधीयते। (गुह्यसमाज, पृ० १५२)

२. दृढं सारमसौशीर्यमच्छेद्याभेद्यलक्षणम्।
अदाहि अविनाशि च शून्यता वज्रमुच्यते ॥ (अद्वयवज्रसंग्रह)

३. सर्वताथागतं ज्ञानं वज्रयानमिति स्मृतम्। (ज्ञानसिद्धि, १३७)

४. प्रज्ञोपायसमापत्तिर्योग इत्यभिधीयते। (गुह्यसमाज, पृ० १५३)

प्रज्ञाविमुक्ति। चूंकि चित्त की निर्मलता प्राप्त कर लेने पर ये विमुक्तियां सम्पन्न होती हैं, अत एव ये विमोक्ष कहे जाते हैं—

> विमुक्तेर्द्विप्रकारायाः प्राप्तये निर्मला पुनः।
> विमोक्षसु(मु ?)खशब्देन त एवाविष्कृतास्त्रयः॥
> (अभि० दीप, पृ० ४२४ श्लो० ५८३ अ० ८ पा० ३)

इन समाधियों के आधार पर शून्यता का साक्षात्कार किया जाता है। जैसे घट की निष्पत्ति में घट का स्वरूप, घट का कारण, एवं घट का फल आदि का ज्ञान व्यक्ति आवश्यक रूप से कल्पित करके रखता है, उसी प्रकार इन तीनों के आवश्यक शून्यता के ज्ञान को विमोक्ष कहते हैं। वास्तव में ये तीनों शून्य रूप ही हैं और शून्यता ही परमार्थ है, तथापि घटादि धर्मों की स्वरूपशून्यता का साक्षात्कार करने वाला ज्ञान शून्यता, विमोक्षसमाधि हेतु की शून्यता का साक्षात्कार करने वाला ज्ञान अनिमित्त विमोक्षसमाधि, एवं फल की शून्यता का साक्षात्कार करने वाला ज्ञान अप्रणिहित विमोक्षसमाधि कहा जाता है। इनके नामान्तर भी पाये जाते हैं। राष्ट्रपालपरिपृच्छासूत्र में लिखा है कि शून्यता के शान्त, अनुत्पन्न स्वरूप को न जानने से पुद्गल संसार में भ्रमण कर रहा है—

> शून्यतायाश्च शान्तमनुत्पादनयमविजानदेव जगदुद्भ्रमति।
> तेषामुपायनययुक्तिशतैरवतारयन्त्यपि कृपालुतमाः॥
> (राष्ट्रपालपरिपृच्छा, द्वितीय परिवर्त, श्लोक संख्या ३०, महायानसूत्रसंग्रह)

महायान सूत्रालंकार में चतुर्विध धर्मसंवर को त्रिविध विमोक्ष समाधियों का आलम्बन माना गया है। चतुर्विध धर्मसंवर निम्न हैं—

(१) सर्वसंस्कृत अनित्य (२) सर्वसास्रव दुःखस्वरूप (३) सर्वधर्म शून्यता और अनात्मस्वरूप (४) निर्वाण शान्तरूप।

इनमें से संस्कृत अनित्य और सर्वसास्रव दुःख इन दोनों को अप्रणिधान विमोक्ष समाधि का आश्रय कहा गया है। सर्वधर्मशून्यता और अनात्मस्वरूप को शून्यताविमोक्ष समाधि का आलम्बन निर्देशित किया गया है और निर्वाणं शान्तं को अनिमित्त विमोक्ष समाधि का आश्रय कहा गया है।[१] इसका सुस्पष्ट वर्णन

---

१. समाध्युपनिषत्त्वेन धर्मोदानचतुष्टयम्।
देशितं बोधिसत्त्वेभ्यः सत्त्वानां हितकाम्यया॥
तत्र सर्वसंस्कारा अनित्याः सर्वसंस्कारा दुःखा इत्यप्रणिहितस्य समाधेरुपनिषद्भावेन देशितम्।
सर्वधर्मा अनात्मान इति शून्यतायाः शान्तं निर्वाणमिति अनिमित्तस्य समाधेः।
(महायान सूत्रालंकार)

भोटमहापण्डित पुण्यकीर्तिकृत प्रज्ञापारमिता अभिसमयालंकार व्याख्या में मिलता है। (शेस्-ख्-क्यी-फ-रोल्-तु-वियन्-पा-मन्-डग्-गी-व-स्तन्-वचोस् मड-गेन-पर-सोगस्-पजी-एयन्-ग्यी-रनम् वशद् । पन्-छेन्-वरसोद्-नमस्-गरगस-पस-मजद-पा)।

इन महायान शास्त्रों में आर्य सत्यों के सोलह विशेषणों या आकारों को आलम्बन करने वाली विमोक्ष समाधि को साधारण विमोक्ष समाधि और पूर्वोक्त तीन भेदों को आलम्बन करने वाली समाधि को असाधारण विमोक्ष समाधि कहते हैं। इस विषय पर स्थूल, सूक्ष्म एवं सूक्ष्मतर दृष्टियों के विभेद से आलम्बन के कारण श्रावकयान, पारमितायान तथा तन्त्रयान तक का क्रमिक विश्लेषण प्रस्तुत किया जाता है।

वैभाषिकों ने चार आर्य सत्यों को चार चार विशेषणों से युक्त करके १६ विभाग में विभाजित कर दिया है। उनका तीन विमोक्ष समाधियों के रूप में वे ध्यानलाभ करते हैं। 'अभिधर्मदीप' में सुस्पष्ट कहा है—

दशाप्रनि(णि)हिताकाराः शून्यताया द्वयं मतम् ।
अनिमित्तो मृताकारैश्चतुर्भिः संप्रवर्तते ॥
(अभिधर्मदीप, पृ० ४२४, श्लो० ५८२)

इनमें अप्रणिहित समाधि दुःख आर्य सत्य के अनित्यदुःख-समुदय आर्यसत्य के चारों एवं मार्ग के भी चारों विशेषणों अर्थात् १० विशेषणों से युक्त होती है। शून्यता समाधि, शून्य और अनात्म मात्र का आश्रयण करने वाली होती है। इसी प्रकार अनिमित्त समाधि निरोध के चार विशेषणों से युक्त होती है। ये महायान में भी होते हैं, किन्तु इनके साथ-साथ पूर्वोक्त तीन विमोक्षों, अर्थात् वस्तुओं की स्वभावशून्यता, कारणशून्यता और कार्यनिःस्वभावता के ज्ञान से सभी धर्मों की तथता का ज्ञान हो जाता है। क्लेशावरण तथा ज्ञेयावरण का समूल नाश हो जाता है और विशुद्ध, शान्त, चित्त निःस्वभाव रूप से शून्य में प्रतिभासित होता है। फलतः सम्पूर्ण वस्तुओं के निःस्वभावता के ज्ञान के कारण सर्वज्ञत्व की प्राप्ति होती है। फलतः वह बुद्धत्व को भी प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार वैभाषिकों के द्वारा मात्र क्लेशावरण का नाश होने पर निर्वाण के अधिगम का मार्ग खुल जाता है। वस्तुतः इन तीनों समाधियों के प्रत्यक्ष लाभ होने पर श्रावकयान एवं पारमितायानों में वज्रोपम-नामक अवस्था का लाभ होता है। यह आनन्तर्य मार्ग के अनित्य क्षण की अवस्था है। यह समाधि वज्र की भाँति सभी अनुशयों का नाश कर देती है। इसलिये वज्र की समानता होने के कारण इसे वज्रोपम समाधि कहते हैं।

इसी के बाद अर्हत्पद की प्राप्ति होती है। अभिधर्मकोशभाष्य में लिखा भी है—"वज्रोपमसमाधेरनन्तरं पश्चिमो विमुक्तिमार्गः। अत एव तत् क्षयज्ञानम्। (A· K· V· Vi 45a पर उद्धृत)

चूँकि पारमिता यान में सभी विकल्पों का पूर्ण रूप से नाश करके इस अवस्था की प्राप्ति होती है, अत एव यह विकल्पानुशयों से अभेद्य होने के कारण 'वज्रोपम समाधि' कहलाती है। इसके अनन्तर सर्वाकारज्ञता स्वरूप अनुत्तर पद का लाभ होता है, जहाँ से सम्पूर्ण विश्व का कल्याण सम्पन्न होता है।

वज्रोपमं समाधानं विकल्पाभेद्यमेत्य च।
निष्ठाश्रयपरावृत्तिं सर्वावरणनिर्मलाम्॥
सर्वाकारज्ञतां चैव लभतेऽनुत्तरं पदम्।
यत्रस्थः सर्वसत्त्वानां हिताय प्रतिपद्यते॥

(महायानसूत्रालंकार, पृ० ९६)

इस प्रकार दोनों अर्थात् श्रावकयान एवं पारमितायानों में वज्रोपम की मात्र चर्चा चर्चित है। लगता है कि यही वज्रोपम की परम अवस्था को वज्रयान ने पूर्णरूप से अवतरित कर दिया है। वज्रयान में इस वज्रोपम समाधि की अवस्था का जो ज्ञान है, वह वज्रयोग के स्वरूप की अवस्था है, क्योंकि वज्रयोग प्राप्ति के पूर्व वज्रयान में विमोक्षों की प्राप्ति आवश्यक है और चूँकि वज्रयानी साधक गुरु-कृपा से एक पिण्ड में समग्र ब्रह्माण्ड की अवस्थिति को देखता है, अत एव उस पिण्ड को भी वज्रवत् मानकर क्रमशः उसके चार विभाग कर देता है। वह अपनी सत्ता का ही काय-वाक्-चित्त और ज्ञानरूप से विभाजन करके क्रमशः कायवज्रयोग, वाग्वज्रयोग, चित्तवज्रयोग एवं ज्ञानवज्रयोगों का लाभ करता है। इनके नामान्तर भी क्रमशः संस्थानयोग, धर्मयोग, मन्त्रयोग एवं विशुद्धयोग रूप से हैं। इन वज्रयोगों में दिव्य भावों का आविर्भाव होता है और वह सहजानन्द से युक्त रहता है। इस प्रकार बुद्ध के चार कायों का भी क्रमशः अपनी सत्ता के स्वरूप में अनुभूति करता है। निर्माण, संभोग, धर्म और सहजकाय उसके वज्र शरीर में ही विराजमान हो जाते हैं। वह जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति तथा तुरीय का प्रतिक्षण प्रत्यक्ष करता रहता है। उपेक्षा-मुदिता-मैत्री-करुणा नामक ब्रह्मविहारों से समन्वित हो जाता है। इन अवस्थाओं के प्राप्त हो जाने पर योगी का आध्यात्मिक स्तर ऊँचा हो जाता है। अत एव इन चारों का प्रतिव्यक्ति के रूप में पूर्णता की दृष्टि से विवेचन किया जाता है।

प्रथम वज्रयोग को विशुद्ध योग कहते हैं। इसमें शून्यता-विमोक्ष की प्राप्ति के अनन्तर ही समाधि-लाभ होता है। शून्यता का तात्पर्य निःस्वभावता है। यह शून्यता समाधि के तरह की होती है। इसकी प्राप्ति के अनन्तर तुरीय अवस्था का

क्षय, अक्षर महासुख का उदय, प्रज्ञोपायरूप सहजकायात्मक ज्ञान वज्रयोग का लाभ होता है। यही विशुद्ध योग है।

द्वितीय वज्रयोग को धर्मयोग कहते हैं। इसमें अनिमित्त विमोक्ष का लाभ किया जाता है। यह पारमितायान अनिमित्त समाधि की अवस्था है। इसकी अवाप्ति के अनन्तर सुषुप्तिका क्षय, नित्यानित्य द्वय ग्राहों से रहित मैत्री चित्त का उद्भव, जगत् के कल्याण की सहज भावना आदि का उद्भव हो जाता है। यह चित्त-वज्रयोग भी प्रज्ञोपायात्मक ज्ञानकायरूप है।

तृतीय वज्रयोग को मन्त्रयोग कहते हैं। इसमें अप्रणिहित विमोक्ष का लाभ करना पड़ता है। अप्रणिधान शब्द से 'सम्बुद्धो भवामीति' भावना का प्रतिषेध किया जाता है। इसके सम्पन्न होने पर स्वप्न का क्षय एवं अनाहत ध्वनि उत्पन्न होती है, जो सभी सत्त्वों में मुदिता का संचार करने की भावना उत्पन्न करती है। इस प्रकार यह अवस्था संभोगकायस्वरूप, प्रज्ञोपायस्वरूप एवं मन्त्रयोगस्वरूपात्मक होती है।

चतुर्थ वज्रयोग का नाम संस्थान योग है। इसमें अनभिसंस्कार नामक विमोक्ष का लाभ करना पड़ता है। इससे एक प्रकार का दिव्य ज्ञान उद्धृत होता है, जो जाग्रत् अवस्था का क्षय करता है। यह निर्माणकायरूप है। यह भी प्रज्ञोपाय-स्वरूप ही है। इसी को उपेक्षा रूप कायवज्र भी कहते हैं। सामान्य रूप से यही वज्रयोग है। जिसकी प्राप्ति का एक संक्षिप्त दृष्टिकोण यहाँ प्रस्तुत किया गया है॥

मृगेन्द्रागम का योग

श्री एन. एच. चन्द्रशेखर स्वामी, कनिष्ठानुसन्धाता योगतन्त्रविभाग, वा. सं. वि. वि. वाराणसी।

(ग) जिन तान्त्रिक ग्रन्थों की हस्तलिखित प्रति भी किसी ग्रन्थालय में नहीं मिलती, किन्तु इनके वचनादि प्राचीन ग्रन्थादि में उद्धृत उपलब्ध होते हैं। उनका संग्रह करके प्रकाशन करना भी एक आवश्यक कार्य है।

(घ) इस विभाग का एक और मुख्य कार्य तन्त्रशास्त्रीय कोष-संकलन है। यह अति विशाल कार्य है और एतदर्थ विशाल कर्मचारी गण का सुदीर्घकाल तक समवेत परिश्रम अपेक्षित है। फिर भी इस महान् कार्य के दिग्दर्शनार्थ यथा-सम्भव इसका प्रारम्भ किया गया है। पूना में वैदिककोष-संकलन के हेतु व्यापक प्रयत्न हो रहा है। दक्षिण भारत में धर्मशास्त्र के कोष का आंशिक संकलन हो चुका है। न्यायशास्त्र का कोष तो बहुत पहले ही बन चुका है और पारिभाषिक कोषों का निर्माण भी विभिन्न स्थानों में हो रहा है। इस समय तान्त्रिक कोष की रचना के विषय में उपेक्षा उचित न होगी।

(ङ) एक और महान् कार्य इस विभाग का आवश्यक कार्य समझा जाता है। वह है तान्त्रिक साहित्य में उपलब्ध सकामकर्मविषयक प्रयोगादि का संकलन। अध्यात्म दृष्टि से इसका मूल्य अधिक न होने पर भी लौकिक कल्याण की दृष्टि से यह अत्यन्त आवश्यक है। विशाल तन्त्र साहित्य में इतस्ततः विक्षिप्त रूप से यह प्रयोग विद्यमान हैं। इनका संग्रह करके विषय के अनुसार सन्निवेश करना कर्तव्य है।

(च) इसके अतिरिक्त विभिन्न देव-देवियों के उपासना विषयक बहुसंख्यक तथ्य तन्त्रसाहित्य में निहित है। देव-देवियों का प्रकार भेद, ध्यान भेद, साधना रहस्य आदि तन्त्रों में विभिन्न स्थानों में मिलते हैं। विषयानुसार इनका संकलन कर लेने पर यह एक महान् लोकोपकारक कार्य सिद्ध होगा। देवताओं के ध्यानों का प्रकाशन एकनोग्राफी की दृष्टि से भी परमावश्यक है। तन्त्र तथा पुराणादि के आधार पर यह कार्य सम्पन्न होना चाहिये।

उपर्युक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अब तक योगतन्त्र विभाग की ओर से निम्न कार्य किये गये हैं—

(क) अद्यावधि अप्रकाशित अथवा अन्यप्रान्तीय लिपियों में प्रकाशित महत्त्वपूर्ण तन्त्र ग्रन्थों तथा उन विशिष्ट ग्रन्थों के भी, जो कि आज अनुपलब्ध हैं, प्रकाशनार्थ योगतन्त्र ग्रन्थमाला का शुभारम्भ किया गया है। इसके प्रथम पुष्प के रूप में तन्त्रशास्त्र के दो प्राचीन आचार्यों, शिवानन्द और विद्यानन्द, की टीकाओं के साथ नित्याषोडशिकार्णव का प्रकाशन हो चुका है। इसके परिशिष्ट में दीपकनाथ सिद्ध के त्रिपुरसुन्दरीदण्डक का, शिवानन्द मुनि के सुभगोदय, सुभगोदयवासना

तथा सौभाग्यहृदयस्तोत्र का और अमृतानन्द योगी के सौभाग्यसुधोदय और चिद्विलासस्तव का भी प्रकाशन हुआ है। तन्त्रसंग्रह के नाम से प्रकाशित होने वाले छोटे बड़े लगभग ४० ग्रन्थों का सरस्वतीभवन की मातृकाओं के आधार पर संशोधन और पाठसंकलन किया जा चुका है। इसके प्रथम दो भागों का प्रकाशन योगतन्त्र-विमर्शिनी के प्रथम अंक के साथ ही हो रहा है। प्रथम भाग में सटीक विरूपाक्ष-पञ्चाशिका, साम्बपञ्चाशिका, त्रिपुरामहिम्नस्तोत्र और स्पन्दप्रदीपिका का तथा अनुभवसूत्र और वातुलशुद्धाख्यतन्त्र का समावेश किया गया है। द्वितीय भाग में निर्वाणतन्त्र, तोडलतन्त्र, कामधेनुतन्त्र, फेत्कारिणीतन्त्र, ज्ञानसंकलिनी और सटीक देवीकालोत्तरागम प्रकाशित हो रहे हैं।

(ख) ऐतिहासिक दृष्टि से तथा अध्यात्मसाधना की दृष्टि से भी व्यापक रूप से योगतन्त्र का आलोचन प्रस्तुत करने के लिये योगतन्त्रविमर्शिनी को समय-समय पर निरन्तर प्रकाशित करते रहने की योजना है। पर कोई नियमित पत्रिका नहीं होगी, किन्तु विभागीय तथा अन्य विद्वानों के द्वारा लिखे गये निबन्धों का जब भी एक अंक के लायक संग्रह पूर्ण हो जायगा तथा आर्थिक सुविधा को भी देखते हुये प्रकाशन किया जायगा। सन् १९६५ में वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय में संपन्न हुए तन्त्रसम्मेलन के अवसर पर प्राप्त हुए कुछ विशिष्ट निबन्ध सारस्वती सुषमा में प्रकाशित हो चुके हैं। अब भी अनेक विशिष्ट निबन्ध प्रकाशन के लिये अवशिष्ट हैं। तन्त्रसम्मेलन के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित विशिष्ट सामग्री के चित्रों से सुसज्जित योगतन्त्रविमर्शिनी के इस विशेषांक के प्रकाशन के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से आर्थिक सहायता की अपेक्षा की जा रही है। उचित सहायता प्राप्त होते ही इसको प्रकाशित किया जायगा।

(ग) इस प्रकार के वचनों का संकलन लुप्तागमसंग्रह के नाम से प्रकाशित करने की योजना है। इसका प्रथम भाग प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें २२१ तन्त्रों के वचनों को संगृहीत किया गया है। दूसरा भाग भी शीघ्र ही प्रकाशित किया जायगा। द्वितीय भाग के प्रकाशन के समय ही इनके ऐतिहासिक और दार्श-निक स्वरूप पर प्रकाश डाला जायगा।

(घ) तान्त्रिक कोश के प्रथम भाग के लिये पर्याप्त सामग्री संकलित कर ली गई है। शीघ्र ही इसका प्रकाशन किया जायगा।

(ङ-च) अन्य लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये भी इन्हीं गतिविधियों के साथ सामग्री संकलन का कार्य हो रहा है।

देश और विदेश के हस्तलिखित ग्रन्थागारों में उपलब्ध तन्त्रशास्त्र के ग्रन्थों में से अभी कुछ ही ग्रन्थों का प्रकाशन हो सका है। इस वाङ्मय का विशाल साहित्य अभी अप्रकाशित ही पड़ा है। इस विशाल साहित्य में से कुछ चुने हुए

ग्रन्थों के प्रकाशनार्थ नेपाल के वीर पुस्तकालय में संगृहीत प्राचीनतम मातृकाओं को प्राप्त करने के लिये तथा हाल में काशी के हिन्दू विश्वविद्यालय तथा लखनऊ की संस्कृत परिषद् में संगृहीत शारदा लिपि की पाण्डुलिपियों को प्राप्त करने के लिये पत्र व्यवहार चल रहा है। इस विभाग के व्याख्याता श्रीव्रजवल्लभ द्विवेदी प्रकाशन के उपयुक्त विशिष्ट पाण्डुलिपियों का तथा इन स्थानों में हो रहे कार्यों का अवलोकन करने के लिये, साथ ही इस विषय के विद्वानों और संस्थाओं से विशेष सम्पर्क स्थापित करने के लिये कलकत्ता, तिरुपति, मद्रास, तंजोर, त्रिवेन्द्रम्, त्रिपुरुंतुरा, मैसूर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, होशियारपुर आदि स्थानों की यात्रा कर चुके हैं। इस यात्रा में देखी गयी विशिष्ट पाण्डुलिपियों में से प्रकाशनार्ह ग्रन्थों की उपलब्धि के लिये पत्राचार किया जा रहा है।

अब तक उत्तर भारत में अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में इस शास्त्र की उपेक्षा ही की जाती रही हैं, जब कि दक्षिण भारत में इस शास्त्र के पांचरात्र, शैव, वीरशैव, वैखानस, तन्त्र आदि विभिन्न उपविभागों के भी अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था चिरकाल से है। संस्कृत विश्वविद्यालय में इन सभी उपविभागों के मुख्य-मुख्य ग्रन्थों तथा बौद्ध आदि तन्त्रों को भी लेकर एक नया पाठ्यक्रम चालू किया गया है, जिससे कि यहाँ पर भी तन्त्रशास्त्र की शिक्षा प्रारम्भ की जा सके और नालन्दा विश्वविद्यालय के आचार्यों के द्वारा तिब्बती भाषा में अनूदित विशाल तान्त्रिक वाङ्मय का भी पुनरुद्धार किया जा सके। विशिष्ट विद्वानों तथा संस्थाओं के अथक परिश्रम से संस्कृत विश्वविद्यालय में सन् १९६५ में हुए तन्त्रसम्मेलन और प्रदर्शनी के आयोजन से तथा यू० जी० सी० की सहायता से यहाँ पर योगतन्त्र विभाग के चालू किये जाने से शिक्षित वर्ग इस उपेक्षित विषय के अध्ययन अध्यापन की ओर अधिकाधिक आकृष्ट हो रहा है। केवल भारत ही नहीं, पाश्चात्त्य देशों में भी आज योग और तन्त्रशास्त्र के प्रति विशेष अभिरुचि जाग्रत् हो रही है। अनेकों विदेशी जिज्ञासु इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिये भारत में आते हैं। उनकी जिज्ञासा की तृप्ति के लिये एक केन्द्रीय संस्थान की अत्यन्त आवश्यकता है। संस्कृत विश्वविद्यालय का योगतंत्र विभाग इस कार्य के लिये उपयुक्ततम सिद्ध होगा।

हम पहले ही कह चुके हैं कि आजकल योगशास्त्र के अध्ययन अध्यापन का कार्य प्रायः पातंजल योग-दर्शन तक ही सीमित है, जब कि यह शास्त्र बड़ा व्यापक है। मुख्य-मुख्य आगम ग्रन्थों में स्वतन्त्र रूप से योगपाद ग्रथित हैं, जिसमें पातंजल योग से सर्वथा भिन्न योगशास्त्र के निगूढ तत्त्वों का सांगोपांग वर्णन निहित है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सन्त सम्प्रदायों में नाथयोग, हठयोग, कुण्डलिनीयोग, अवधूतयोग (दत्तात्रेय प्रभृति आचार्यों का) आदि योगशास्त्र की विभिन्न धारायें परिलक्षित होती हैं। इस विभाग में योगशास्त्र के इस अपरिचित अंग पर भी विशेष

अनुशीलन, अनुसन्धान, सति संभवे प्रयोगात्मक ज्ञान आदि पर प्रभूत बल देने का विचार किया गया है।

वाराणसेय राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में केवल वेद, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, वेदान्त, दर्शन, न्याय आदि विषयों के ही अध्यापन की व्यवस्था थी। महाविद्यालय के विश्वविद्यालय बन जाने पर यहाँ पर मीमांसा, सांख्ययोग, धर्मशास्त्र, बौद्धदर्शन, जैनदर्शन, पालि, प्राकृत आदि विषयों के साथ-साथ चारों वेदों तथा वेदान्त के रामानुज, वल्लभ आदि अवान्तर विभागों के भी अध्यापन की स्थायी व्यवस्था की जा चुकी है। प्रशिक्षण, आयुर्वेद और विज्ञान आदि के स्वतंत्र विभाग भी खोले जा चुके हैं। यहाँ पर आवश्यकता के अनुसार अन्य नये-नये विषयों का भी समावेश होता रहा है, यह ठीक ही है। विश्वविद्यालय को अपने ठीक अर्थ में परिपूर्ण होने के लिये बाह्य तथा आधुनिक विषयों के समावेश के साथ-साथ धार्मिक संस्कृति के अन्तरंग विषयों से सर्वथा सुसज्जित तथा स्थायी प्रवन्ध से संयुक्त रहना अत्यन्त आवश्यक है। आज के भारतीय जन-जीवन तथा साहित्य पर योग और तन्त्रशास्त्र का व्यापक प्रभाव है। अतः वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय में योगतन्त्र विभाग की स्थापना इस उद्देश्य शृंखला की एक कड़ी ही मानी जायगी।

हमारा विश्वास है कि अध्ययनाध्यापन की परम्परा के पुनरुद्धार, ग्रन्थ-प्रकाशन, कोश निर्माण और विशेष कर योगतन्त्रविमर्शिनी के माध्यम से यह विभाग इस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान कर सकेगा। इसी आशा के साथ हम योग-तन्त्रविमर्शिनी के प्रथम अंक को विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं।

सन्मार्ग

योग विशेषांक

योगश्चित्तवृत्ति निरोधः

श्री हरिः

अनन्तश्रीविभूषित स्वामी करपात्री जी महाराज की ७१वीं वर्षग्रन्थि पर प्रस्तुत

सन्मार्ग

योग विशेषांक

वाराणसी, मंगलवार, श्रावण शुक्ल द्वितीया, संवत् २०३४ वि०, १५-१६ अगस्त १९७७

स्वामी श्री नन्दनन्दनानन्द सरस्वती

प्रधान सम्पादक

शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी

सम्पादक,

योग विशेषांक

गोपाल पाण्डेय

सह सम्पादक,

योग विशेषांक

मूल्य : ५.००

श्री हरिः

धर्म की जय हो

अधर्म का नाश हो

卐

प्राणियों में सद्भावना हो

विश्व का कल्याण हो

हर हर महादेव

— प्रकाशक —

महंत वीरभद्र मिश्र

सन्मार्ग

योग विशेषांक

वर्ष : ३२] [अंक : २०५

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय
देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै
नमोऽस्तु रुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो
नमोऽस्तु चन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

अनुक्रम

[आवरण : श्री वासुदेव स्मार्त ● छायाचित्र : एस० अतिबल]

प्रकाशकीय

पूज्य चरण स्वामी करपात्री जी महराज की ७१वीं जयन्ती के पावन अवसर पर दैनिक "सन्मार्ग" ने इस वार 'योग विशेपांक" प्रकाशित करके अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है। पूज्य स्वामी जी से सम्वद्ध सभी संस्थाओं के कार्यकर्ता तथा विद्वानों ने अपना सहयोग दिया जिसके लिए हम कृतज्ञ हैं। माननीय श्री शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी जी ने इस "योग विशेषांक" का गुरुतरभार हमारे आग्रह पर स्वीकार किया और इस कार्य का सुचारु सम्पादन वड़े परिश्रम और उत्साह से किया। इस प्रयत्न से उन्होंने दैनिक सन्मार्ग की विशेषांक शृंखला में एक सुन्दर कड़ी जोड़ी है। इसके लिए व्यक्तिगत रूप से हम उनके आभारी हैं। श्री गोपाल पाण्डेय ने पूर्ण रूप से सहयोग किया एवं अत्यन्त परिश्रम एवं निष्ठा के साथ इस विशेपांक के सव कार्य किये। उन्हें हमारे अनेक साधुवाद।

श्री वासुदेवजी स्मार्त, श्री दुर्गाप्रसाद जी श्रेष्ठ, श्री एस. अतिवल प्रभृति महानुभावों तथा दैनिक सन्मार्ग के सभी सदस्यों एवं धर्मसंघ के सभी सहयोगियों के प्रति हम अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना अपना कर्तव्य समझते हैं।

हमारे विज्ञापन दाताओं के उदार सहयोग के विना योग विशेपांक भव्य प्रकाशन अत्यन्त कठिन हो जाता। उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए हम विश्वास करते हैं कि हमें भविष्य में भी उनका सहयोग और अधिक मात्रा में मिलता रहेगा।

परम पूज्य स्वामी जी की आगामी जयन्तियों पर भी हमें इसी प्रकार के आयोजन की शक्ति मिलती रहे यह श्री मारुतिनन्दन के चरणों में हमारी विनीत प्रार्थना है।

निवेदक

महन्त वीरभद्र मिश्र

— यतो वाचो निवर्तन्ते —

प्रातः स्मरणीय परमपूज्य अनन्तश्रीविभूषित स्वामी करपात्रीजी महाराज के ७०वें जन्म दिवस पर 'सन्मार्ग' ने गत वर्ष अपना विशेषांक प्रकाशित किया था, जिसमें पूज्य चरणों पर अनेक विद्वानों ने अपने विद्वत्तापूर्ण संस्मरण प्रस्तुत किये थे। इस वर्ष 'सन्मार्ग' के संचालक श्रीमान् माननीय महन्त श्री वीरभद्र मिश्रजी ने एक दिन मुझे बुलाकर पूज्य चरणों के ७१ वें जन्म दिवस पर 'सन्मार्ग' का 'योग विशेषांक' प्रकाशित करने का विचार प्रकट किया और मुझे उसका सम्पादन कार्य करने का आदेश दिया। इस प्रकार का अत्यन्त महत्व का कार्य करने योग्य उन्होंने मुझे समझा यह मेरा सौभाग्य ही था। मैंने विशेषांक में लेख कविता आदि प्रेषित करने के लिए एक पत्र तैयार किया और एक विषय सूची संलग्न की, जो विद्वान् लेखकों की सुविधा के लिए थी। वह विषय सूची इस प्रकार है—

—योगीश्वरो विजयते करुणार्द्रचेताः, योगिभिर्ध्यानगम्यम्, योगः कर्मसु कौशलम्, वेदों में योग, उपनिषदों में योग, पुराणों में योग, जनक का योग, याज्ञवल्क्य और योग, योग और हनुमच्चरित्र, योग और श्रीकृष्ण, पतंजलिका योग दर्शन, वेदव्यास का योग विवेचन, योग और सांख्य, योगस्थः कुरु कर्माणि, योग और गीता, योगावसिष्ठ में योगदर्शन, 'योग' शब्द का व्यापक अर्थ, "योग" के पारिभाषिक अर्थ, योग और शांकर दर्शन, योग और रामानुज दर्शन, योग और वाल्लभ सिद्धान्त, निम्बार्क मत में योग, भक्ति योग, कर्मयोग, ज्ञानयोग, यम और नियम, प्राणायाम और प्रत्याहार, धारणा और ध्यान, समाधि और जीवन की सफलता, योग और प्रदर्शन, योग की लोकोपयोगिता, योग के विकृत रूप, जैन सम्प्रदाय में योग, बौद्धदर्शन में योग, काव्य साहित्य में योग, समाधि और रसानुभूति, चैतन्य सम्प्रदाय में योग, तान्त्रिक योग पद्धति, वर्तमान में योग 'एक व्यवसाय', मानस में योग, कबीर साहित्य में योग, विवेकानन्द और योग, श्री अरविन्द के योगानुभव, योग के अधिकारी, योग का प्रयोजन, योग की प्रशिक्षण संस्थाएँ, क्या योग एक नारा है?, योग से विभिन्न चिकित्साएँ, विदेशों में भारतीय योग के प्रति आकर्षण के कारण, मनोविज्ञान और योग, योग और भवरोग, योग साधना के पुरातन पीठ।—

समय कम था। परन्तु बड़ा आनन्द तब प्राप्त हुआ जब हमारे भेजे गए शताधिक पत्रों में से अधिकांश विद्वानों ने अपनी रचनाएँ भेजी, जिन्होंने नहीं भेजी उन्होंने समयाभाव आदि के कारण अपनी असमर्थता के लिए खेद व्यक्त करने के साथ पूज्य स्वामीजी के चरणों में अनन्त प्रणाम अर्पित किये। इस प्रकार विषय-सूची के प्रायः सभी विषयों पर प्रस्तुत अंक में रचनाएँ उपलब्ध हो गई हैं।

पूज्य चरणों के विषय में बड़े-बड़े विद्वानों की वाणी भी लौट पड़ती है, थाह नहीं पाती उनके गुणों का। "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह" वाली उक्ति उन पर पूरी उतरती है। वे स्वयं 'योगीश्वर' हैं। संभवतः इसीलिए श्रीमान् महन्तजी के मानस में 'योग विशेषांक' प्रकाशित करने की बात आयी। श्री महन्तजी का कहना है कि परम श्रद्धेय श्रीचरण समस्त भारतीय विद्याओं की प्रतिमूर्ति हैं। हम आगे प्रतिवर्ष उन सभी विद्याओं के विशेषांक प्रकाशित कर आगामी जयन्तियों पर श्री चरणों में समर्पित करते रहें, यही श्री मारुतिनन्दन तथा बाबा विश्वनाथ से विनीत प्रार्थना है।

लेखक महानुभावों ने अपना विलक्षण सहयोग इस कम समय में हमें अपनी रचनाओं को भेज कर दिया। अनेक विद्वानों की रचनाएँ बहुत विस्तृत थीं, अतः उन्हें अंशतः प्रकाशित किया जा रहा है। पृष्ठ संख्या पहिले ही निर्धारित हो जाने के कारण अनेक रचनाएँ इसमें स्थान नहीं पा सकी हैं, पूज्य प्रवर सन्मार्ग प्रधान सम्पादक स्वामी श्रीनन्दनन्दनानन्द सरस्वती जी महाराज ने इन अवशिष्ट रचनाओं को मासिक "सिद्धान्त" में प्रकाशित करने का विचार व्यक्त किया है।

विशेषांक के स्वरूप निर्धारण के लिए आवरण पर

पूज्य स्वामीजी की समाराध्या भगवती-त्रिपुरसुन्दरी का चित्र देने का निश्चय हुआ। तदनुसार काशीहिन्दूविश्वविद्यालय के कला प्राध्यापक श्री वासुदेव स्मार्तजी से निवेदन किया गया और उन्होंने आवरण पृष्ठ तैयार किया तथा योग से सम्बद्ध-लेखों के अन्त में देने के निमित्त रेखाचित्र दिये। पूज्य स्वामीजी महाराज का श्रीमान् सन्तशरणजी वेदान्ती के पास बड़ा सुन्दर चित्र श्री महन्तजी ने देखा था, उसीका रंगीन चित्र देने का निर्णय हुआ। श्री एस. अतिवलजी के सहयोग से यह कार्य कलकत्ता भेजकर संभव हो सका। मंगलाचरण के रूप में 'पातञ्जलयोगसूत्र' मूल मात्र देने का विचार था, परन्तु पूज्य शास्त्री स्वामीजी (श्री नन्दनन्दनानन्द सरस्वतीजी) के आदेश से मैंने उसका अतिसंक्षिप्त अनुवाद भी शीघ्रता में कर दिया। वह प्रस्तुत है। इसी सन्दर्भ में पूज्य स्वामीजी महाराज के योग सम्बन्धी प्राचीन लेखों का अन्वेषण करने के लिए 'सिद्धान्त' की पुरानी फाइल देखी। उनमें से दो लेख प्रारंभ में दिये जा रहे हैं। यही लेख इस पूरे विशेषांक के आधार हैं। श्री पं० रामाधीन शास्त्रीजी ने मेरे स्वर्गीय पिताजी का योग विषयक लेख उनकी गीता व्याख्यान माला से तैयार कर दिया। श्रद्धेय श्रीगंगाशंकर मिश्रजी का "तिब्बत का ज्ञान" शीर्षक लेख भी सिद्धान्त में प्राप्त हुआ। स्वर्गीय श्री मिश्रजी के सिद्धान्त तथा अन्य पत्रों में प्रकाशित समस्त लेखों का संकलन प्रकाशित होने की आवश्यकता है। पूज्य स्वामीजी महाराज के सिद्धान्त में अत्यधिक लेख हैं, और उनका संग्रह भी उनकी अनेक पुस्तकों में हुआ है। ऐसा प्रयत्न स्वर्गीय श्री गंगाशंकर मिश्रजी की रचनाओं के लिए भी होनी चाहिए। अन्यथा इस महत्त्वपूर्ण सामग्री के कालकवलित हो जाने की आशंका है। हमारे निवेदन पर लेख देने वाले सभी आदरणीय विद्वान् महानुभावों के हम निरतिशय कृतज्ञ हैं। शास्त्रार्थमहारथी श्री माधवाचार्यजी सनातनी जगत् के महान् स्तम्भ हैं। अपनी व्यस्तता में भी उन्होंने इस अंक के लिए लेख भेजकर अनुगृहीत किया। पूज्य श्री शास्त्री स्वामीजी महाराज ने बड़े गहन विषय पर लेख दिया है, उसी विषय पर श्री श्रीप्रकाशजी ने भी लिखा, अन्य लेखों में भी तन्त्रशास्त्रीय विषय आ गये हैं।

इस अंक में कविगण के स्नेहिल सहयोग से हमें बड़ा ही सन्तोष है। कवि महानुभावों के प्रति हमें अत्यन्त कृतज्ञता है। संस्कृत कवियों ने 'कवि भारती' के माध्यम से पूज्य अनन्तश्री स्वामिचरणों में अपनी काव्यमयी प्रणतियाँ समर्पित की हैं, जिससे प्रस्तुत अंक शृंगारित हो गया है।

जब मुझे यह काम दिया गया तभी मैंने श्री महन्तजी से कहा कि यह कार्य तभी सुचारु सम्पन्न हो सकेगा जब मुझे एक अच्छा सह सम्पादक मिलेगा। श्रीगोपाल पाण्डेय को श्री महन्तजी ने अनुमति दी, उन्होंने सभी कार्यों में अथक परिश्रम किया। विज्ञापनादि की व्यवस्था के लिए कलकत्ता, जमशेदपुर बोकारो आदि की यात्रा की। दौड़ने के काम पूरे किये, वे मेरे प्रियशिष्य हैं, उनके लिए मैं उत्तरोत्तर उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

इस ज्ञान यज्ञ में सन्मार्ग परिवार तथा धर्मसंघ शिक्षा मण्डल की मनीषि-मण्डली का सर्वविधि सहयोग रहा। तदर्थ अनेकानेक धन्यवाद तथा कृतज्ञताएँ।

श्री महन्तजी का विचार था कि वाराणसी में उपलब्ध कतिपय विश्वविख्यात महानुभावों का साक्षात्कार विवरण दिया जाय। वह कार्य भी हुआ। सभी महनीय विद्वानों के प्रति हम श्रद्धानत हैं।

विज्ञापनों के प्रकाशनार्थ अपनी स्वीकृति प्रदान करने वाले महानुभावों के प्रति भी हमारी कृतज्ञताएँ समर्पित हैं। उनके सहयोग से प्रस्तुत अंक की साज-सज्जा में बड़ी सहायता मिली। वाराणसी के सर्वप्रमुख मुद्रण संस्थान भार्गव भूषण प्रेस के व्यवस्थापक गण भी अनेकों धन्यवादों के पात्र हैं।

इस अंक में "जोग जोग हम नाहीं" शीर्षक लेख के लेखक श्री भानुशंकर मेहताजी ने अपने लेख में दो बार हमें सम्बोधित किया है। श्री मेहता जी अनेक कलाओं के ज्ञाता, निपुण साधक, विपुल समाज सेवी तथा अद्भुत संगठनकर्ता और अतिशय प्रभावशाली व्यक्तित्व के अनुपम धनी हैं। उनकी शैली हमें पं० पद्मसिंह शर्मा जैसी शैली का स्मरण कराती है। उनको अपना लेख लिखते समय गोपियों की याद आ गयी और उसी बहाव में वे हमें भी योग वोग से अलग रहने की सलाह दे रहे हैं। परन्तु ये तो शायद द्वापर की बातें रही होंगी, अब तो वे भानुलली का रूप बदल कर भानुशंकर हो चुके हैं, और ऊधो पाण्डे के उपदेश के बाद से

उन्होंने लगता है योग के क्षेत्र में अपने आपको इम्प्रूव किया है, कितना अच्छा वर्णन उन्होंने योग की शब्दावली में योग का दिया है। परन्तु लगता है कभी कभी नागरी मण्डली के असर से उन्हें द्वापर की सुधि लौट आती है और "जोग जोग हम नाहीं" कह बैठते हैं। परन्तु जैसा उन्होंने लिखा भी है और यहाँ वाराणसी में विदित भी है कि वे योग जिज्ञासुओं की मण्डली में ऊधो का स्थान लेते हैं और 'योगा' सिखाते हैं। उन्हें अनेक धन्यवाद हैं—'रस परिवर्तन' के लिए।

आचार्य श्री रजनीश जी की ओर से भेजा गया पत्र हमें मिला कि "महागीता" पुस्तक भाग एक का प्रथम प्रवचन हम इस अंक में छाप सकते हैं। साथ ही लेखक के नाम पर "भगवान रजनीश" प्रकाशित किया जाय। यह हमें हैरानी में डालने वाली बात थी। हम रजनीश साहित्य के अध्येता हैं और उक्त बात उनके द्वारा प्रतिपादित मतों से बिलकुल भी मेल नहीं खाती, जिसके लिए कई प्रमाण दिये जा सकते हैं। जहाँ तक हमारा सवाल है—हम तो ऐसा सैद्धान्तिक दृष्टि से कर ही नहीं सकते। यदि उनके नाम में 'भगवान्' शब्द सम्मिलित होता तब तो कोई बात नहीं थी, परन्तु उपाधि के रूप में किसी के नाम के पहिले भगवान् जोड़ना तो उस व्यक्ति के ईश्वर स्थानीय मानने वाले श्रद्धावान् के लिए ही संभव हो सकता है। हमारी दृष्टि में श्री रजनीश अपने विचार प्रचार के कारण निसन्देह आदरणीय हैं, कई मतभेद हैं, तो भी उनके गुणों को हमें स्वीकार करना ही है, परन्तु सार्वजनिक रूप से उन्हें भगवान् कहने योग्य श्रद्धा तो अभी हम संचित नहीं कर सके हैं। इसी अड़चन से यहाँ उनके प्रवचन का प्रकाशन न कर पाने का हमें अपने लिए बहुत ही खेद है।

परमवन्दनीय श्रीचरणों में कोटिशः प्रणामों को समर्पित करते हुए, इस अंक में दृष्टि में आने वाली सभी त्रुटियों के लिए क्षमा याचना के साथ हम अपने समादारणीय पाठकों से प्रस्तुत 'सन्मार्ग' के 'योग विशेषांक' को पढ़कर उस पर अपनी संमति प्रदान करने का विनम्र निवेदन करते हैं—

विनीत—
शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी
संपादक
सन्मार्ग-योग विशेषांक

भारतीय धर्म संस्कृति के श्रद्धापुंज

स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के

७१ वें शुभ जन्मदिवस पर

श्रद्धावनत

नेलीमरला जूट मिल्स कं० लि०

पातञ्जलयोगदर्शनम्

समाधिपादः —१

अथ योगानुशासनम् ॥ १ ॥

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ॥ २ ॥

तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् ॥ ३ ॥

वृत्तिसारूप्यमितरत्र ॥ ४ ॥

वृत्तयः पञ्चतय्यः क्लिष्टाक्लिष्टाः ॥ ५ ॥

प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः ॥ ६ ॥

प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि ॥ ७ ॥

विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम् ॥ ८ ॥

शब्दाज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः ॥९॥

अभावप्रत्ययालम्बना वृत्तिर्निद्रा ॥ १० ॥

अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः ॥ ११ ॥

अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः ॥ १२ ॥

तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः ॥ १३ ॥

स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्काराऽऽसेवितो दृढभूमिः ॥ १४ ॥

दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा वैराग्यम् ॥ १५ ॥

तत्परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम् ॥१६॥

वितर्कविचारानन्दास्मितानुगमात्सम्प्रज्ञातः ॥१७॥

पतञ्जलि विरचित योगसूत्र

समाधि पाद—१

योग विषयक शास्त्र प्रारंभ किया जाता है ॥ १ ॥

चित्त वृत्तियों का अवरोध योग है ॥ २ ॥

तब द्रष्टा की अपने रूप में स्थिति हो जाती है ॥ ३ ॥

योगातिरिक्तकाल में द्रष्टा का स्वरूप वृत्ति के समान होता है ॥ ४ ॥

क्लिष्ट और आक्लिष्ट भेद से वृत्तियाँ पाँच प्रकार की हैं ॥ ५ ॥

वे हैं प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति ॥ ६ ॥

प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम ये तीन प्रमाण हैं ॥ ७ ॥

वस्तु स्वरूप में अप्रविष्ट मिथ्या ज्ञान का नाम विपर्य्यय है ॥ ८ ॥

शब्द ज्ञान से समुत्पन्न होने वाले ज्ञान के साथ होने वाला अवास्तव विकल्प कहलाता है ॥ ९ ॥

अभाव ज्ञान का अवलम्बन करने वाली वृत्ति निद्रा है ॥ १० ॥

अनुभूत विषय का प्रकट हो जाना स्मृति है ॥ ११ ॥

चित्त वृत्तियों का निरोध अभ्यास और वैराग्य से होता है ॥ १२ ॥

चित्त की स्थिरता के प्रयत्न की अभ्यास संज्ञा है ॥ १३ ॥

वह बहुत समय तक निरन्तर सादर साङ्गोपाङ्ग सेवित होकर दृढ़ता प्राप्त करता है ॥ १४ ॥

देखे-सुने विषयों में तृष्णा रहित चित्त वशीकार अवस्था वैराग्य है ॥ १५ ॥

पुरुष के ज्ञान से प्रकृति के गुणों में तृष्णा का अभाव परम वैराग्य है ॥ १६ ॥

वितर्क, विचार, आनन्द और अस्मिता के सम्बन्ध से सम्प्रज्ञात योग होता है ॥ १७ ॥

विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वःसंस्कारशेषोऽन्यः ॥१८॥	विराम प्रत्यय के अभ्यास से युक्त पूर्वावस्था वाला, संस्कार मात्र शेप जिसमें रहता हो वह दूसरा योग है ॥ १८ ॥
भवप्रत्ययो विदेहप्रकृतिलयानाम् ॥ १९ ॥	विदेह और प्रकृतिलय योगियों का योग भव प्रत्यय कहलाता है ॥ १९ ॥
श्रद्धावीर्यस्मृतिसमाधिप्रज्ञापूर्वक-इतरेषाम् ॥ २० ॥	अन्य योगियों का योग श्रद्धा, वीर्य, स्मृति, समाधि और प्रज्ञा पूर्वक सिद्ध होता है ॥ २० ॥
तीव्रसंवेगानामासन्नः ॥ २१ ॥	तीव्र साधन संपत्ति वालों का योग शीघ्रता से होता है ॥ २१ ॥
मृदुमध्याधिमात्रत्वात्ततोऽपि विशेषः ॥२२॥	मृदु, मध्यम और उच्च साधनावस्था में तीव्र संवेग वालों में भी भिन्नता रहती है ॥ २२ ॥
ईश्वरप्रणिधानाद्वा ॥ २३ ॥	ईश्वर के आश्रय से भी उच्च योग की प्राप्ति होती है ॥ २३ ॥
क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः ॥ २४ ॥	क्लेश, कर्म, विपाक, आशयों से अस्पृष्ट पुरुष विशेष ईश्वर है ॥ २४ ॥
तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम् ॥ २५ ॥	उसमें सर्वज्ञता का निरतिशय बीज है ॥ २५ ॥
पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात् ॥ २६ ॥	वह काल से नियन्त्रित न होने से पूर्वजों का भी गुरु है ॥ २६ ॥
तस्य वाचकः प्रणवः ॥ २७ ॥	ओंकार उसका वाचक है ॥ २७ ॥
तज्जपस्तदर्थभावनम् ॥ २८ ॥	प्रणव, (ओंकार) का जप ईश्वर का चिन्तन है ॥ २८॥
ततःप्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च ॥ २९ ॥	जप से विघ्नों का अभाव और आत्मस्वरूप का ज्ञान हो जाता है ॥ २९ ॥
व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभ्रान्ति-दर्शनालब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः ॥ ३० ॥	व्याधि, स्त्यान, संशय, प्रमाद, आलस्य, अविरति, भ्रान्तिदर्शन, अलब्ध भूमिकत्व, अनवस्थितत्व, ये चित्त के विक्षेप योग के विघ्न हैं ॥ ३० ॥
दुःखदौर्मनस्याङ्गमेजयत्वश्वासप्रश्वासा-विक्षेपसहभुवः ॥ ३१ ॥	दुःख, दौर्मनस्य, अङ्गकम्प, श्वास, प्रश्वास, ये विक्षेप के साथी हैं ॥ ३१ ॥
तत्प्रतिषेधार्थमेकतत्त्वाभ्यासः ॥ ३२ ॥	उनके दूरीकरण के लिए एक तत्त्व का अभ्यास आवश्यक है ॥ ३२ ॥
मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्य-विषयाणां भावनातश्चित्तप्रसादनम्॥३३॥	क्रमशः सुःख, दुःख, पुण्य, अपुण्य विषय वाली मैत्री, करुणा, मुदिता उपेक्षा की भावना से चित्त प्रसन्न हो जाता है ॥ ३३ ॥

प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य ॥ ३४ ॥	अथवा वायु के बाहर निकालने व रोकने से चित्त निर्मल होता है ॥ ३४ ॥
विषयवती वा प्रवृत्तिरुत्पन्ना मनसः स्थितिनिबन्धनी ॥ ३५ ॥	विषयवती प्रवृत्ति भी उत्पन्न होकर मन की स्थिति को बाँधती है ॥ ३५ ॥
विशोका वा ज्योतिष्मती ॥ ॥ ३६ ॥	शोकरहित ज्योतिष्मती प्रवृत्ति भी मन को स्थित करती है ॥ ३६ ॥
वीतरागविषयं वा चित्तम् ॥ ३७ ॥	वीतराग को विषय बनाने वाला चित्त भी स्थिर हो जाता है ॥ ३७ ॥
स्वप्ननिद्राज्ञानालम्बनं वा ॥ ३८ ॥	स्वप्न और निद्रा के ज्ञान का अवलम्ब करने वाला चित्त भी स्थिर हो जाता है ॥ ३८ ॥
यथाभिमतध्यानाद्वा ॥ ३९ ॥	अपने अभीष्ट के ध्यान से भी चित्त स्थिर होता है ॥ ३९ ॥
परमाणुपरममहत्त्वान्तोऽस्य वशीकारः॥४०॥	चित्त का वशीकार परमाणु से लेकर परम महत् तक में हो सकता है ॥ ४० ॥
क्षीणवृत्तेरभिजातस्येव मणेर्ग्रहीतृग्रहणग्राह्येषु तत्स्थतदञ्जनता समापत्तिः ॥ ४१ ॥	क्षीणवृत्ति वाले उच्चकोटि के मणि के समान निर्मल चित्त का ग्रहीता, ग्रहण तथा ग्राह्य में स्थित होकर तदाकार हो जाना समापत्ति है ॥ ४१ ॥
तत्र शब्दार्थज्ञानविकल्पैः संकीर्णा सवितर्का समापत्तिः ॥४२ ॥	उनमें शब्द, अर्थ और ज्ञान इन तीनों से मिश्रित समाधि सवितर्क या सविकल्पक है ॥ ४२ ॥
स्मृतिपरिशुद्धौ स्वरूपशून्येवार्थमात्रनिर्भासा निर्वितर्का ॥ ४३ ॥	स्मृति के लोप से स्वरूप से शून्य के सदृश ध्येय मात्र को प्रत्यक्ष कराने वाली (चित्त स्थिति) निर्विकल्पक है ॥ ४३ ॥
एतयैव सविचारा निर्विचारा च सूक्ष्मविषया व्याख्याता ॥ ४४ ॥	इससे सूक्ष्म पदार्थों से सम्बद्ध सविचार और निर्विचार समाधि का भी निरूपण हो गया ॥ ४४ ॥
सूक्ष्मविषयत्वं चालिङ्गपर्यवसानम् ॥ ४५ ॥	सूक्ष्म विषयता की सीमा प्रकृति तक है ॥ ४५ ॥
ता एव सबीजः समाधिः ॥ ४६ ॥	वह सभी सबीज समाधि है ॥ ४६ ॥
निर्विचारवैशारद्येऽध्यात्मप्रसादः ॥ ४७ ॥	निर्विचार समाधि के निर्मल होने पर अध्यात्म प्रसाद प्राप्त होता है । ४७ ॥
ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा ॥ ४८ ॥	उस अवस्था की बुद्धि ऋतम्भरा है ॥ ४८ ॥
श्रुतानुमानप्रज्ञाभ्यामन्यविषया विशेषार्थत्वात् ॥ ४९ ॥	श्रवण और अनुमान से होने वाली बुद्धि की अपेक्षा इस बुद्धि का विषय भिन्न है ॥ ४९ ॥
तज्जः संस्कारोऽन्यसंस्कारप्रतिबन्धी ॥५०॥	उससे उत्पन्न होने वाला संस्कार अन्य संस्कारों का प्रतिबन्धक होता है ॥ ५० ॥
तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिः ॥ ५१ ॥	उसके भी विरुद्ध हो जाने पर सब का निरोध हो जाने से समाधि निर्विकल्प हो जाती है ॥ ५१ ॥

साधनपादः—२	साधन पाद–२
तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः॥१॥	तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रपत्ति ये क्रिया योग हैं ॥१॥
समाधिभावनार्थः क्लेशतनूकरणार्थश्च ॥२॥	ये समाधि की भावना और क्लेशों के दूरी करणार्थ उपादेय हैं ॥ २ ॥
अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः॥३॥	अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष, अभिनिवेश ये क्लेश हैं ॥३॥
अविद्या क्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम् ॥ ४ ॥	प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार इन चार अवस्थाओं में रहने वाले तथा अविद्या आदि का कारण अविद्या है ॥ ४ ॥
अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या ॥ ५ ॥	अनित्य, अशुचि, दुःख और अनात्मा में नित्य, शुचि और आत्मा की अनुभूति अविद्या है ॥ ५ ॥
दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता ॥ ६ ॥	दृक् शक्ति और दर्शन शक्ति का एकरूप-सा हो जाना अस्मिता है ॥ ६ ॥
सुखानुशयी रागः ॥ ७ ॥	सुखानुभव की पृष्ठभूमि में विद्यमान क्लेश राग है ॥७॥
दुःखानुशयी द्वेषः ॥ ८ ॥	दुःखानुभव की पृष्ठ भूमि में रहने वाला क्लेश द्वेष है ॥ ८ ॥
स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः ॥ ९ ॥	प्रकृति क्रम के प्रवाह से समागत विद्वानों में भी आरूढ़ रहने वाला (भयादि) अभिनिवेश कहलाता है ॥ ९ ॥
ते प्रतिप्रसवहेयाः सूक्ष्माः ॥ १०॥	ये सूक्ष्म क्लेश प्रतिप्रसव [कारण में विलीनीकरण] के द्वारा नष्ट करने योग्य हैं ॥ १० ॥
ध्यानहेयास्तद्वृत्तयः ॥११ ॥	उनकी वृत्तियाँ ध्यान के द्वारा नष्ट कर देने योग्य हैं ॥ ११ ॥
क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्ट-जन्म-वेदनीयः ॥ १२ ॥	क्लेशों से समुत्पन्न कर्मों का आशय वर्तमान तथा आगामी जीवन में अनुभव में आता है ॥ १२ ॥
सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः॥ १३ ॥	जब तक मूल रहेगा कर्माशयों का परिणाम जन्म, आयु और भोगों के रूपों में मिलता रहेगा ॥ १३ ॥
ते ह्लादपरितापफलाः पुण्यापुण्यहेतुत्वात्॥१४॥	जन्म, आयु और भोगों के कारण पुण्य और पाप हैं अतः उनके फल आनन्ददायी और परितापदायी होते हैं ॥ १४ ॥
परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिनः ॥ १५ ॥	विवेकवान् के लिए सभी दुःखमय है क्योंकि परिणाम, ताप और संस्कारों के दुःख सर्वत्र हैं और सत्त्वादि गुणत्रय की प्रकृति भी परस्पर विरुद्ध है ॥ १५ ॥
हेयं दुःखमनागतम् ॥ १६ ॥	अनागत दुःख नष्ट करने योग्य है ॥ १६ ॥

द्रष्टृदृश्ययोः संयोगो हेयहेतुः ॥ १७ ॥	द्रष्टा और दृश्य का संयोग हेयता का कारण है ॥१७॥
प्रकाशक्रियास्थितिशीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थं दृश्यम् ॥ १८ ॥	प्रकाश, क्रिया और स्थिति स्वभाव वाला, भूत और इन्द्रियों को स्वरूप बनाने वाला, भोग और मोक्ष के सम्पादन को प्रयोजन बनाने वाला दृश्य है ॥१८॥
विशेषाविशेषलिङ्गमात्रालिङ्गानि गुणपर्वाणि ॥ १९ ॥	गुणों के भेद हैं—विशेष, अविशेष, लिङ्ग मात्र और अलिङ्ग ॥ १६ ॥
द्रष्टा दृशिमात्रः शुद्धोऽपि प्रत्ययानुपश्यः ॥ २० ॥	चेतन मात्र द्रष्टा यद्यपि स्वभाव से शुद्ध है तो भी बुद्धि-वृत्ति के अनुरूप देखने वाला है ॥ २० ॥
तदर्थ एव दृश्यस्यात्मा ॥ २१ ॥	दृश्य का स्वरूप उस द्रष्टा के लिए ही है ॥ २१ ॥
कृतार्थं प्रति नष्टमप्यनष्टं तदन्यसाधारणत्वात् ॥ २२ ॥	जिस पुरुष का भोग और मोक्ष हो चुके, उसके लिए प्रकृति नहीं रही, परन्तु वह नष्ट नहीं हुई। अन्य अमुक्त पुरुषों के प्रयोजन के लिए वह विद्यमान रहती है ॥ २२ ॥
स्वस्वामिशक्त्योः स्वरूपोपलब्धिहेतुः संयोगः ॥ २३ ॥	अपनी और स्वामी की, दोनों की शक्तियों के स्वरूप ग्रहण करने का कारण उनका संयोग है ॥२३॥
तस्य हेतुरविद्या ॥ २४ ॥	उस संयोग का हेतु अविद्या है ॥ २४ ॥
तदभावात्संयोगाभावो हानं तद्दृशेः कैवल्यम् ॥ २५ ॥	अविद्या के अभाव से प्रकृति पुरुष के संयोग का अभाव हो जाता है, यही दुःख हानि है और यही मोक्ष है ॥ २५ ॥
विवेकख्यातिरविप्लवा हानोपायः ॥ २६ ॥	अविचल विवेक दुःख हानि का उपाय है ॥२६॥
तस्य सप्तधा प्रान्तभूमिः प्रज्ञा ॥ २७ ॥	मुक्त पुरुष की सात प्रकार की अन्तिम स्थिति प्रज्ञा होती है ॥ २७ ॥
योगाङ्गानुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेकख्यातेः ॥ २८ ॥	योगानुष्ठान से अशुद्धि के नष्ट होने पर ज्ञान का, मोक्ष तक के लिए, प्रकाश प्राप्त हो जाता है ॥ २८ ॥
यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि ॥ २९ ॥	योग आठ प्रकार का है—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ॥ २६ ॥
अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः ॥ ३० ॥	अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह यम कहलाते हैं ॥ ३० ॥
जातिदेशकालसमयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम् ॥ ३१ ॥	ये यम क्यों कि जाति, देश, काल और निमित्त आदि से सीमा बद्ध नहीं हैं अतः सार्वभौम महाव्रत हैं ॥ ३१ ॥

शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः ॥ ३२ ॥	शुचिता, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर शरणागति ये नियम हैं ॥ ३२ ॥
वितर्कबाधने प्रतिपक्षभावनम् ॥ ३३ ॥	वितर्कों के बाधा पहुँचाने पर बाधक तत्वों से विपरीत भावना करनी चाहिए ॥ ३३ ॥
वितर्का हिंसादयः कृतकारितानुमोदिता लोभक्रोधमोहपूर्वका मृदुमध्याधिमात्रा दुःखाज्ञानानन्तफला इति प्रतिपक्षभावनम् ॥ ३४ ॥	हिंसा आदि वितर्क स्वयं कृत, कारित या समर्थित हैं, ये लोभ, क्रोध, मोह पूर्वक होते हैं, ये छोटे, मध्य और अधिक मात्रा वाले हैं, दुःख और अज्ञानरूपी अनन्त फलों के दाता हैं, इस प्रकार प्रतिपक्ष की भावना होती है ॥ ३४ ॥
अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः॥३५॥	अहिंसा की दृढ़ता प्राप्त होने पर योगी की उपस्थिति में प्राणी अपने वैरका त्याग कर देते हैं ॥ ३५ ॥
सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम् ॥३६॥	सत्य की दृढ़ स्थिति हो जाने पर योगी में क्रिया के फल के आश्रय का भाव आ जाता है ॥ ३६ ॥
अस्तेयप्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम् ॥३७॥	अस्तेय (अचौर्य) की प्रतिष्ठा हो जाने पर सभी प्रकार के धन प्रकट हो जाते हैं ॥ ३७ ॥
ब्रह्मचर्यप्रतिष्ठायां वीर्यलाभः ॥ ३८ ॥	ब्रह्मचर्य की दृढ़ स्थिति हो जाने पर समर्थता आ जाती है॥ ३८ ॥
अपरिग्रहस्थैर्ये जन्मकथन्तासंबोधः ॥ ३९ ॥	अपरिग्रह की स्थिति हो जाने पर पूर्व जन्म के वृत्तान्तों का ज्ञान हो जाता है ॥ ३९ ॥
शौचात्स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गः ॥ ४० ॥	शौच के पालन से अपने अंगों में वैराग्य और दूसरों से असंसर्ग की इच्छा होती है ॥ ४० ॥
सत्त्वशुद्धिसौमनस्यैकाग्र्येन्द्रियजयात्मदर्शनयोग्यत्वानि च ॥ ४१ ॥	इसके अतिरिक्त अन्तःकरण शुद्धि, मन में प्रसन्नता, चित्त की एकाग्रता, इन्द्रिय वशित्व और आत्म-साक्षात्कार योग्यता ये भी प्राप्त होते हैं ॥ ४१ ॥
संतोषादनुत्तमसुखलाभः ॥ ४२ ॥	संतोष से परम सुख की प्राप्ति होती है ॥ ४२ ॥
कायेन्द्रियसिद्धिरशुद्धिक्षयात्तपसः ॥ ४३ ॥	तपःप्रभाव से अशुचिता की निवृत्ति हो जाने पर शरीर और इन्द्रियों की सिद्धि हो जाती है ॥ ४३ ॥
स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः ॥ ४४ ॥	स्वाध्याय से इष्टदेव की प्राप्ति हो जाती है ॥ ४४ ॥
समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात् ॥ ४५ ॥	ईश्वर प्रणिधान से समाधि की सिद्धि हो जाती है ॥ ४५ ॥
स्थिरसुखमासनम् ॥ ४६ ॥	निश्चल बैठना ही आसन है ॥ ४६ ॥
प्रयत्नशैथिल्यानन्तसमापत्तिभ्याम् ॥ ४७ ॥	वह प्रयत्न की शिथिलता और ईश्वरार्पण से प्राप्त होता है ॥४७॥

ततो द्वन्द्वानभिघातः ॥ ४८ ॥

आसन सिद्धि होने पर शीतोष्णादि कष्ट नहीं होते ॥ ४८ ॥

तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः ॥ ४९ ॥

आसन सिद्धि होने पर श्वास-प्रश्वास की गति के अवरोध से प्राणायाम होता है ॥ ४९ ॥

बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः ॥ ५० ॥

प्राणायाम वाह्य वृत्ति, आभ्यन्तर वृत्ति और स्तम्भ वृत्ति भेद से तीन प्रकार का होता है और वह देश, काल और संख्या के द्वारा देखा जाता हुआ लंबा और हल्का होता जाता है ॥ ५० ॥

बाह्याभ्यन्तरविषयाक्षेपी चतुर्थः ॥ ५१ ॥

चौथे प्रकार का प्राणायाम वह है जो वाहर और भीतर के विषयों का परित्याग कर देने के कारण स्वतः सम्पन्न होता रहता है ॥ ५१ ॥

ततः क्षीयते प्रकाशावरणम् ॥ ५२ ॥

इसकी प्राप्ति हो जाने पर अन्तःप्रकाश पर पड़ने वाला आवरण क्षीण हो जाता है ॥ ५२ ॥

धारणासु च योग्यता मनसः ॥ ५३ ॥

तब धारणाओं के लिए मन में शक्ति आ जाती है ॥ ५३ ॥

स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः ॥ ५४ ॥

इन्द्रियाँ जब अपने विषयों से पृथक् होकर चित्त के स्वरूप का अनुकरण करने में प्रवृत्त हो जाती हैं तब वह प्रत्याहार कहलाता है ॥ ५४ ॥

ततः परमा वश्यतेन्द्रियाणाम् ॥ ५५ ॥

इससे इन्द्रियाँ पूर्ण रूप से वश में आ जाती हैं ॥५५॥

विभूतिपादः—३

विभूति पाद—३

देशबन्धश्चित्तस्य धारणा ॥ १ ॥

किसी एक स्थान पर चित्त को ठहराना 'धारणा' है ॥ १ ॥

तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् ॥ २ ॥

उसमें चित्तवृत्ति का एकरूप से चलते रहना 'ध्यान' है ॥ २ ॥

तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः ॥ ३ ॥

जब ध्यानावस्था में ध्येय मात्र ही रह जाय, चित्त का स्वरूप जब शून्य के समान हो जाय, तब उसे 'समाधि' समझना चाहिए ॥ ३ ॥

त्रयमेकत्र संयमः ॥ ४ ॥

एक स्थान पर धारणा, ध्यान और समाधि तीनों का होना 'संयम' है ॥ ४ ॥

तज्जयात्प्रज्ञालोकः ॥ ५ ॥

उसकी विजय पर बुद्धि प्रकाशित होती है ॥ ५ ॥

तस्य भूमिषु विनियोगः ॥ ६ ॥

उस संयम का भूमियों में विनियोग करना चाहिए ॥ ६ ॥

त्रयमन्तरङ्गं पूर्वेभ्यः ॥ ७ ॥	प्रथमोक्त की अपेक्षा ये तीनों साधन अन्तरङ्ग हैं ॥ ७ ॥
तदपि बहिरङ्गं निर्बीजस्य ॥ ८ ॥	निर्बीज समाधि की स्थिति में ये तीनों भी वहिरङ्ग बन जाते हैं ॥ ८ ॥
व्युत्थाननिरोधसंस्कारयोरभिभवप्रादुर्भावौ निरोधक्षणचित्तान्वयो निरोधपरिणामः ॥ ९ ॥	व्युत्थान अवस्था के संस्कारों का अभिभव (तिरस्कार) और निरोधावस्था के संस्कारों का प्रकट होना निरोध काल में चित्त का निरोध संस्कारानुगत होना निरोध का परिणाम है ॥ ९ ॥
तस्य प्रशान्तवाहिता संस्कारात् ॥ १० ॥	संस्कारों की शक्ति से चित्त की प्रशान्त स्थिति होती है ॥ १० ॥
सर्वार्थतैकाग्रतायाः क्षयोदयौ चित्तस्य समाधिपरिणामः ॥ ११ ॥	सव प्रकार के विषयों का चिन्तन करने की वृत्ति का क्षय हो जाना, किसी एक ध्येय के चिन्तन की एकाग्रतावस्था का उदय चित्त का समाधि परिणाम है ॥ ११ ॥
ततः पुनः शान्तोदितौ तुल्यप्रत्ययौ चित्तस्यैकाग्रतापरिणामः ॥ १२ ॥	अनन्तर जव शान्त और उदित होने वाली वृत्तियाँ एकावस्थागत होती हैं तव वह चित्त का एकाग्रता परिणाम है ॥ १२ ॥
एतेन भूतेन्द्रियेषु धर्मलक्षणावस्थापरिणामा व्याख्याताः ॥ १३ ॥	इस विवरण से पाँचों भूतों और इन्द्रियों में घटित होने वाले धर्म परिणाम, लक्षण परिणाम और अवस्था परिणाम व्याख्यात हुए ॥ १३ ॥
शान्तोदिताव्यपदेश्यधर्मानुपाती धर्मी ॥ १४ ॥	भूत, वर्तमान और भविष्यत् के धर्मों में जो अनुगत है वह धर्मी कहा जाता है ॥ १४ ॥
क्रमान्यत्वं परिणामान्यत्वे हेतुः ॥ १५ ॥	परिणाम की भिन्नता का कारण क्रम की भिन्नता होती है ॥ १५ ॥
परिणामत्रयसंयमादतीतानागतज्ञानम् ॥ १६ ॥	उक्त तीनों परिणामों में संयम करने से भूत और भविष्य का ज्ञान हो जाता है ॥ १६ ॥
शब्दार्थप्रत्ययानामितरेतराध्यासात् संकरस्तत्प्रविभागसंयमात् सर्वभूतरुतज्ञानम् ॥ १७ ॥	शब्द, अर्थ और ज्ञान के परस्पर अध्यास के कारण संपन्न मिश्रण के विभागों में संयम स्थापित करने से संपूर्ण प्राणियों की वाणी का ज्ञान हो जाता है ॥ १७ ॥
संस्कारसाक्षात्करणात् पूर्वजातिज्ञानम् ॥ १८ ॥	संस्कारों का प्रत्यक्ष दर्शन हो जाने पर पूर्व जन्म का ज्ञान हो जाता है ॥ १८ ॥
प्रत्ययस्य परचित्तज्ञानम् ॥ १९ ॥	अन्य चित्त का साक्षात्कार संयम के द्वारा संपन्न कर लेने पर अन्य के चित्त का ज्ञान हो जाता है ॥ १९ ॥

न च तत्सालम्बनं तस्याविषयीभूतत्वात्॥२०॥ — वह ज्ञान आलम्बन सहित नहीं होता क्योंकि वह योगी के चित्त का विषय नहीं है ॥ २० ॥

कायरूपसंयमात् तद्ग्राह्यशक्तिस्तम्भे चक्षुः-प्रकाशासम्प्रयोगेऽन्तर्धानम् ॥ २१ ॥ — शरीर के रूप संयम से उसकी ग्राह्य शक्ति के रोके जाने पर, चाक्षुष प्रकाश के उससे असम्वद्ध हो जाने के कारण अन्तर्धान हो जाने की स्थिति प्राप्त होती है ॥ २१ ॥

सोपक्रमं निरुपक्रमं च कर्म तत्संयमादपरान्त-ज्ञानमरिष्टेभ्यो वा ॥ २२ ॥ — उपक्रम सहित और उपक्रम रहित कर्मों में संयम प्राप्त होने पर तथा अरिष्टों से मृत्यु का ज्ञान हो जाता है ॥ २२ ॥

मैत्र्यादिषु बलानि ॥ २३ ॥ — मैत्री आदि में वल प्राप्ति होती है ॥ २३ ॥

बलेषु हस्तिवलादीनि ॥ २४ ॥ — वलों में हाथी आदि के समान वल की प्राप्ति हो जाती है ॥ २४ ॥

प्रवृत्त्यालोकन्यासात् सूक्ष्मव्यवहित-विप्रकृष्ट-ज्ञानम् ॥ २५ ॥ — ज्योतिर्मयी प्रवृत्ति का प्रकाश फैलाने से सूक्ष्म, व्यवधान युक्त तथा दूर स्थित का ज्ञान होता है ॥२५॥

भुवनज्ञानं सूर्ये संयमात् ॥ २६ ॥ — सूर्य में संयम करने से समस्त लोकों का ज्ञान हो जाता है ॥ २६ ॥

चन्द्रे ताराव्यूहज्ञानम् ॥ २७ ॥ — चन्द्रमा में संयम प्राप्त करने से तारा-मण्डल का ज्ञान प्राप्त हो जाता है ॥ २७ ॥

ध्रुवे तद्गतिज्ञानम् ॥ २८ ॥ — ध्रुव में संयम से तारागण की गति का ज्ञान होता है ॥ २८ ॥

नाभिचक्रे कायव्यूहज्ञानम् ॥ २९ ॥ — नाभिचक्र में संयम से शरीरावयवों का ज्ञान होता है ॥ २९ ॥

कण्ठकूपे क्षुत्पिपासानिवृत्तिः ॥ ३० ॥ — कण्ठकूप में संयम से भूख प्यास मिट जाती है ॥ ३० ॥

कूर्मनाड्यां स्थैर्यम् ॥ ३१ ॥ — कूर्मनाडी में संयम से काय स्थैर्य प्राप्त होता है ॥ ३१ ॥

मूर्धज्योतिषि सिद्धदर्शनम् ॥ ३२ ॥ — व्रह्मरन्ध्र ज्योति में संयम से सिद्ध पुरुषों के दर्शन होते हैं ॥ ३२ ॥

प्रातिभाद्वा सर्वम् ॥ ३३ ॥ — प्रातिभ ज्ञान उत्पन्न होने से समस्त ज्ञातव्यों का ज्ञान होता है ॥ ३३ ॥

हृदये चित्तसंवित् ॥ ३४ ॥ — हृदय में संयम से चित्त के स्वरूप का ज्ञान होता है ॥ ३४ ॥

सत्त्वपुरुषयोरत्यन्तासंकीर्णयोः प्रत्ययाविशेषो-भोगः परार्थात्स्वार्थसंयमात्पुरुषज्ञानम् ॥३५॥ — अत्यन्त भिन्न वुद्धि और पुरुष के अभेद प्रत्यय रूप भोग में संयम से पुरुष का ज्ञान होता है ॥ ३५ ॥

ततः प्रातिभश्रावणवेदनादर्शास्वादवार्ता जायन्ते ॥ ३६ ॥ — उससे प्रातिभ, श्रावण, वेदन, आदर्श, आस्वाद और वार्ता नामक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ॥ ३६ ॥

ते समाधावुपसर्गा व्युत्थाने सिद्धयः ।। ३७ ।।

ये समाधि काल में विघ्न होती हैं और व्युत्थान में सिद्धियाँ होती हैं ।। ३७ ।।

बन्धकारणशैथिल्यात्प्रचारसंवेदनाच्च चित्तस्य परशरीरावेशः ।। ३८ ।।

बन्धन कारण की शिथिलता और चित्त की गति का ज्ञान होने से चित्त का अन्य शरीर में प्रवेश होता है ।। ।। ३८ ।।

उदानजयाज्जलपङ्ककण्टकादिष्वसङ्ग उत्क्रान्तिश्च ।। ३९ ।।

उदान वायु पर विजय प्राप्त कर लेने से जल, कण्टक, कीचड़ आदि से शरीर का संयोग नहीं होता और ऊर्ध्व गति होती है ।। ३९ ।।

समानजयाज्ज्वलनम् ।। ४० ।।

समान वायु के विजय से दीप्ति लाभ होता है ।। ४० ।।

श्रोत्राकाशयोः सम्बन्धसंयमाद् दिव्यं श्रोत्रम् ।। ४१ ।।

कर्णेन्द्रिय और आकाश के सम्वन्ध पर संयम से कर्णेन्द्रिय में दिव्यता आ जाती है ।। ४१ ।।

कायाकाशयोः सम्बन्धसंयमाल्लघुतूलसमापत्तेश्चाकाशगमनम् ।। ४२ ।।

शरीर और आकाश के सम्वन्ध में संयम से तथा रुई के समान हल्की वस्तु में संयम से आकाश विचरण शक्ति प्राप्त हो जाती है ।। ४२ ।।

बहिरकल्पिता वृत्तिर्महाविदेहा, ततः प्रकाशावरणक्षयः ।। ४३ ।।

शरीर के वाहर अकल्पित स्थिति महाविदेह कहलाती है, उससे बुद्धि की ज्ञान शक्ति के आवरण का क्षय हो जाता है ।। ४३ ।।

स्थूलस्वरूपसूक्ष्मान्वयार्थवत्त्वसंयमाद् भूतजयः ।। ४४ ।।

स्थूल, स्वरूप, सूक्ष्म, अन्वय और अर्थवत्त्व इन अवस्थाओं में संयम से योगी भूतों पर विजय प्राप्त करता है ।। ४४ ।।

ततोऽणिमादिप्रादुर्भावा कायसम्पत्तद्धर्मानभिघातश्च ।। ४५ ।।

इससे आणिमादि सिद्धियों का प्रादुर्भाव, काय सम्पत्ति की प्राप्ति तथा भूत धर्मों की बाधाओं से निवृत्ति हो जाती है ।। ४५ ।।

रूपलावण्यवलवज्रसंहननत्वानि कायसम्पत् ।। ४६ ।।

रूप, लावण्य, शक्ति और वज्र के समान संगठन काय सम्पत्तियाँ हैं ।। ४६ ।।

ग्रहणस्वरूपास्मितान्वयार्थवत्त्वसंयमादिन्द्रियजयः ।। ४७ ।।

ग्रहण, स्वरूप, अस्मिता, अन्वय, अर्थवत्त्व में संमय से इन्द्रिय विजय की उपलब्धि होती है ।। ४७ ।।

ततो मनोजवित्वं विकरणभावः प्रधानजयश्च ।। ४८ ।।

इससे मन के समान वेग, शरीर के अभाव में भी विषय सेवन शक्ति तथा प्रकृति पर अधिकार प्राप्त होता है ।। ४८ ।।

सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिमात्रस्य सर्वभावाधिष्ठातृत्वं सर्वज्ञातृत्वं च ।। ४९ ।।

सवीज समाधि, जिसमें वुद्धि और पुरुष के पार्थक्य मात्र का ज्ञान हो, उसकी प्राप्ति पर योगी को समस्त वस्तु जगत् स्वामित्व तथा सर्वज्ञत्व की प्राप्ति हो जाती है ।। ४९ ।।

तद्वैराग्यादपि दोषबीजक्षये कैवल्यम् ॥५०॥ उसमें भी वैराग्य हो जाने पर दोष के बीज के नष्ट हो जाने से कैवल्य की उपलब्धि हो जाती है ॥ ५० ॥

स्थान्युपनिमन्त्रणे सङ्गस्मयाकरणं पुनरनिष्ट-प्रसङ्गात् ॥ ५१ ॥ देवों का आमन्त्रण प्राप्त होने पर उनके संग तथा अभिमान से बचना चाहिए, अन्यथा अनिष्ट हो जाता है ॥ ५१ ॥

क्षणतत्क्रमयोः संयमाद्विवेकजं ज्ञानम् ॥५२॥ क्षण और उसके क्रम में संयम से विवेकजनित ज्ञान होता है ॥ ५२ ॥

जातिलक्षणदेशैरन्यतानवच्छेदात्तुल्ययोस्ततः प्रतिपत्तिः ॥ ५३ ॥ जाति, लक्षण और देश भेद से, भेद के संभव न होने के कारण तुल्य प्रतीत होने वाली वस्तुओं की भेद प्रतीति विवेक से हो जाती है ॥ ५३ ॥

तारकं सर्वविषयं सर्वथाविषयमक्रमं चेति विवेकजं ज्ञानम् ॥ ५४ ॥ संसार से तार देने वाला, सबको जानने वाला, क्रम शून्य विवेक सम्भूत ज्ञान होता है ॥ ५४ ॥

सत्त्वपुरुषयोः शुद्धिसाम्ये कैवल्यम् ॥ ५५ ॥ बुद्धि और पुरुष की समान भाव से शुद्धि हो जाने पर कैवल्योपलब्धि हो जाती है ॥ ५५ ॥

कैवल्यपादः —४

कैवल्य पाद—४

जन्मौषधिमन्त्रतपःसमाधिजाः सिद्धयः ॥१॥ जन्म, औषधि, मन्त्र, तप और समाधि से सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ॥ १ ॥

जात्यन्तरपरिणामः प्रकृत्यापूरात् ॥ २ ॥ प्रकृति के पूर्ण होने पर एक जाति से दूसरी जाति में गमन रूप परिणाम होता है ॥ २ ॥

निमित्तमप्रयोजकं प्रकृतीनां वरणभेदस्तु ततःक्षेत्रिकवत् ॥ ३ ॥ निमित्त प्रकृति का संचालक नहीं है, उससे तो कृषक की भाँति बाधा का उपशम होता है ॥३॥

निर्माणचित्तान्यस्मितामात्रात् ॥ ४ ॥ अस्मिता मात्र से चित्त निर्मित होती है ॥ ४ ॥

प्रवृत्तिभेदे प्रयोजकं चित्तमेकमनेकेषाम् ॥ ५ ॥ अनेकों को विभिन्न प्रवृत्तियों में प्रयुक्त करने वाला केवल चित्त होता है ॥ ५ ॥

तत्र ध्यानजमनाशयम् ॥ ६ ॥ ध्यानोत्थित चित्त कर्म संस्कार रहित होता है ॥ ६ ॥

कर्माशुक्लाकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम् ॥ ७ ॥ योगियों के कर्म अशुल्क और अकृष्ण होते हैं तथा अन्य लोगों के कर्म तीन प्रकार के होते हैं ॥ ७ ॥

ततस्तद्विपाकानुगुणानामेवाभिव्यक्तिर्वासनानाम् ॥ ८ ॥ उन कर्मों से उनके फल भोगानुकूल वासनाओं की अभिव्यक्ति होती है ॥ ८ ॥

जातिदेशकालव्यवहितानामप्यानन्तर्यं स्मृति-संस्कारयोरेकरूपत्वात् ॥ ९ ॥ जाति देश और काल का व्यवधान रहने पर भी कर्म संकारों में व्यवधान नहीं होता, कारण कि स्मृति और संस्कारों का स्वरूप एक ही होता है ॥ ९ ॥

तासामनादित्वं चाशिषो नित्यत्वात् ॥१०॥

प्राणी में अपनी सत्ता बनाये रखने की नित्य अभिलाषा के कारण वासनाएँ अनादि होती हैं ॥ १० ॥

हेतुफलाश्रयालम्बनैः संगृहीतत्वादेषामभावे तदभावः ॥ ११ ॥

हेतु, फल, आश्रय और आलम्बन से वासनाओं का संग्रह होता है अतः इनके अभाव में वासनाओं का भी अभाव हो जाता है ॥ ११ ॥

अतीतानागतं स्वरूपतोऽस्त्यध्वभेदाद्धर्माणाम् ॥ १२ ॥

अतीत और अनागत धर्म भी विद्यमान हैं क्योंकि धर्मों में काल भेद होता है ॥ १२ ॥

ते व्यक्तसूक्ष्मा गुणात्मानः ॥ १३ ॥

वे धर्म व्यक्त और सूक्ष्म स्थितियों में गुण रूप ही हैं ॥ १३ ॥

परिणामैकत्वाद् वस्तुतत्त्वम् ॥ १४ ॥

परिणाम की एकता के कारण वस्तु वैसी ही हो जाती है ॥ १४ ॥

वस्तुसाम्ये चित्तभेदात्तयोर्विभक्तः पन्थाः ॥१५॥

वस्तु की एकता में भी चित्त भेद के कारण इन दोनों के मार्ग भिन्न-भिन्न हैं ॥ १५ ॥

न चैकचित्ततन्त्रं वस्तु तदप्रमाणकं तदा किं स्यात् ॥ १६ ॥

वस्तु किसी एक चित्त के अधीन नहीं हैं क्योंकि वस्तु जब चित्त का विषय नहीं रहेगी तब उसकी स्थिति क्या रहेगी ? ॥ १६ ॥

तदुपरागापेक्षित्वाच्चित्तस्य वस्तु ज्ञाताज्ञातम् ॥ १७ ॥

चित्त वस्तु के प्रतिविम्वित होने की अपेक्षा रखता है, अतः वस्तु कभी ज्ञात और कभी अज्ञात रहती है ॥ १७ ॥

सदा ज्ञाताश्चित्तवृत्तयस्तत्प्रभोः पुरुषस्यापरिणामित्वात् ॥ १८ ॥

चित्त का अधिपति पुरुष परिणामी नहीं है इसलिए चित्त की वृत्तियाँ सदा ज्ञात रहती हैं ॥ १८ ॥

न तत्स्वाभासं दृश्यत्वात् ॥ १९ ॥

दृश्य होने के कारण वह स्वप्रकाश नहीं है ॥ १९ ॥

एकसमये चोभयानवधारणम् ॥ २० ॥

चित्त और उसके विषय का ज्ञान एक ही काल में नहीं होता ॥ २० ॥

चित्तान्तरदृश्ये बुद्धिबुद्धेरतिप्रसङ्गः स्मृतिसंकरश्च ॥ २१ ॥

किसी चित्त को अन्य चित्त का दृश्य मानने पर अनवस्था दोष होगा तथा स्मृति में भी सांकर्य दोष होगा ॥ २१ ॥

चितेरप्रतिसंक्रमायास्तदाकारापत्तौ स्वबुद्धिसंवेदनम् ॥ २२ ॥

चेतन-पुरुष के असंग रहने पर भी तदाकार हो जाने से अपनी बुद्धि का ज्ञान होता है ॥ २२ ॥

द्रष्टृदृश्योपरक्तं चित्तं सर्वार्थम् ॥ २३ ॥

द्रष्टा और दृश्य से रँगा हुआ चित्त समस्त अर्थों से युक्त हो जाता है ॥ २३ ॥

तदसंख्येयवासनाभिश्चित्रमपि परार्थं संहत्यकारित्वात् ॥ २४ ॥

अनन्त वासनाओं से चित्रित होने पर भी चित्त दूसरे के लिए ही है कारण कि वह सम्मिलित होकर ही क्रियाशील है ॥ २४ ॥

विशेषदर्शिन आत्मभावभावनाविनिवृत्तिः ॥ २५ ॥

विशेष का दर्शन करने वाले योगी की आत्मभाव विषयक भावना निवृत्त हो जाती है ॥ २५ ॥

तदा विवेकनिम्नं कैवल्यप्राग्भारं चित्तम् ॥ २६ ॥

उस अवस्था में योगी का चित्त विवेकोन्मुख होता हुआ मोक्षाभिमुख हो जाता है ॥ २६ ॥

तच्छिद्रेषु प्रत्ययान्तराणि संस्कारेभ्यः ॥२७॥

उस समाधि के मध्यकालों में अन्य पदार्थों का ज्ञान संस्कारों से होता है ॥२७॥

हानमेषां क्लेशवदुक्तम् ॥ २८ ॥

जिस प्रकार क्लेशों का विनाश होता है, उसी प्रकार संस्कारों का भी विनाश होता है ॥ २८ ॥

प्रसंख्यानेऽप्यकुसीदस्य सर्वथा विवेकख्यातेर्धर्ममेघः समाधिः ॥ २९ ॥

विवेक ज्ञान में भी वैराग्य हो जाने पर उसके पूर्ण प्रकाशित रहने के कारण योगी को धर्ममेघ समाधि की उपलब्धि हो जाती है ॥ २९ ॥

ततः क्लेशकर्मनिवृत्तिः ॥ ३० ॥

तदनन्तर क्लेशों और कर्मों की निवृत्ति हो जाती है ॥ ३० ॥

तदा सर्वावरणमलापेतस्य ज्ञानस्यानन्त्याज्ज्ञेयमल्पम् ॥ ३१ ॥

उस अवस्था में समस्त आवरणों और मलों से अलग ज्ञान अनन्तता को प्राप्त हो जाता है अतः ज्ञेय अल्प रह जाता है ॥ ३१ ॥

ततः कृतार्थानां परिणामक्रमसमाप्तिर्गुणानाम् ॥ ३२ ॥

तदनन्तर कार्य समाप्त करने वाले गुणों का परिणाम रुक जाता है ॥ ३२ ॥

क्षणप्रतियोगी परिणामापरान्तनिर्ग्राह्यः क्रमः ॥ ३३ ॥

क्रम क्षणों का प्रतियोगी होता है और उसका स्वरूप परिणाम के अन्त में गृहीत होता है ॥ ३३ ॥

पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चितिशक्तेरिति॥३४॥

पुरुष के लिए शून्य बन जाने वाले गुणों का अपने कारण में लय हो जाना अथवा चेतना शक्ति का अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाना ही कैवल्य है ॥ ३४ ॥

योगसाधन-सरलसाधन

[अनन्त श्री विभूषित स्वामी करपात्री जी महाराज]

[यह लेख साप्ताहिक 'सिद्धान्त' के वैशाख कृष्ण १४ सं० १९९९ मंगलवार ता० १४ अप्रैल, १९४२ अंक से संगृहीत हुआ है—संपादक।]

योगशास्त्रों की सम्मति है कि साधक को किसी भी योग की भूमिका का अभ्यास होने से ऊपर की भूमिका का मार्ग अपने आप विदित हो जाता है। अतएव योग ही योगी का गुरु होता है। यम, नियम, आसन का अभ्यास होने से प्राण की गति में सूक्ष्मता अपने आप होती है। साधारण रीति से भी प्राणायाम करने से चित्त के चांचल्य का अभाव और धारणा की योग्यता हो जाती है। इस तरह अच्छे पुरुषों और ग्रन्थों के संग एवं अभ्यास से तथा सात्विक वातावरण में रहने से, देह-इन्द्रियों की सभी चेष्टाएँ सात्विकी ही होती हैं। फिर सद्विचारों एवं सत्संकल्पों का भी होना स्वाभाविक है। सद्विचार और सत्संकल्पों से सद्भावना और सत्कर्मों की वृद्धि होती है और फिर उससे प्राणी का जीवन ही मंगलमय हो जाता है। वस्तुतः दुराचार, दुर्विचार एवं दुर्भावना ही सर्वानर्थ का मूल है। यदि सत्संग, सच्छास्त्राभ्यास एवं समीचीन वातावरण-सेवन द्वारा सदाचार-सद्विचार की सद्भावना से उनका बाध किया जा सका, तब तो निर्विकल्प समाधि भी दूर नहीं है। उसके बिना तो सब कुछ दुर्लभ ही है। यद्यपि ऊँचे ऊँचे साधनों के लिए सभी लोग लालायित होते हैं, परन्तु इस सुगम किन्तु अतिदिव्य साधन की ओर लोगों का ध्यान कम जाता है। यह स्पष्ट है कि एक संकल्प या विचार से दूसरे संकल्प या विचार का बाध होता है। मन में जब ही कुत्सित संकल्प उठें, शीघ्र ही उन्हें सद्विचार या सत्-संकल्प से दूर किया जा सकता है। भगवद्ध्यान, भगवन्नामस्मरण या भगवच्चिन्तन से दुर्विचार, दुर्भावना या निरर्थक प्रपंच-चिन्तन का बाध सरलता से हो सकता है। भगवान् की लीलाओं एवं चरित्रों के रसास्वादन में आसक्त होते ही मन से असत्य भावनाओं का निकलना स्वाभाविक है। नहीं तो सत्समागम में, सत्संग में तो अवश्य ही अन्य भावनाएँ मिटती हैं। ऐसा न हो सके तो भी मनोरंजक अन्य कथानकों या पुस्तकों से अवश्य ही मन को असद्विचारों एवं असद्भावनाओं से रोका जा सकता है।

विचार, संकल्प या भावनाएँ मनुष्य के पास ऐसे दुर्लभ पदार्थ हैं, जिनसे प्राणी अपना कल्याण और सर्वनाश दोनों ही कर सकता है। कुत्सित एवं असद्विषयों के विचार या भावना से प्राणियों की मन की शक्ति क्षीण हो जाती है। भगवान् की मायाशक्ति का अंश ही जीव की मनःशक्ति है। जैसे भगवान् के संकल्प में विचित्र प्रपंच के निर्माण करने की शक्ति होती है, वैसे ही उनके अंशभूत जीव के भी संकल्प में विचित्र शक्ति होती है। परन्तु जब असद्वस्तु के चिन्तन से विमुख करके वह सात्विक पदार्थों एवं भगवान् में ही नियत की जाय, तभी उसका प्रभाव फलित होता है। सद्भावों से अन्तरात्मा का आप्यायन होता है, असद्भावना से ह्रास होता है। अतएव पहले-पहल सात्विकी भावनाओं का आश्रयण करके, राजसी-तामसी भावनाओं के निरोध पर ही अधिक जोर दिया जाता है। जैसे गंगा का प्रवाह सुखाने में अधिक कठिनाई होने पर भी

प्रवाह का मुख स्वाभिमत दिशा की ओर फेर लेना दुष्कर नहीं है, वैसे ही मनोभावना को रोक देने की अपेक्षा उसे अपने अनुकूल बना लेना सरल है। जैसे बन्दर की चंचलता दूर करने के लिये पहले उसे एक उद्यान में भटकने की स्वतंत्रता देनी चाहिए, फिर एक वृक्ष में, फिर एक शाखा में, एवं क्रमेण उसको निश्चल बनाया जा सकता है, वैसे ही मन की भी पहले अनेक सात्विक पदार्थों के चिन्तन में स्वतन्त्रता होनी चाहिए, फिर शनैः शनैः सूक्ष्म सूक्ष्म विषयों में स्थिति का प्रयत्न भी सार्थक हो सकता है। इसीलिए निर्गुणोपासकों को प्रथम स्थूलप्रपंचाभिमानी अव्याकृत की पूर्ण उपासना कर लेने के पश्चात् कार्यकारणातीत परमसूक्ष्म तुरीय ब्रह्म के चिन्तन में योग्यता और अधिकार प्राप्त होता है। सगुण ब्रह्मोपासकों के लिए भी सर्वकामत्व, सत्य-संकल्पत्व, सर्वगन्धत्व, सर्वरसत्वादि अनन्त गुणगणों का चिन्तन विहित है। सगुण एवं साकार सच्चिदानन्दघन परब्रह्म के उपासकों के लिए भी इसी तरह अनन्त चरित्रों, गुणों एवं नामों का अनुसन्धान विधित्सित है।

मन का स्वभाव है कि वह विषयों के चिन्तन से विषयों में फँसता है और भगवान् का चिन्तन करते करते उन्हीं में आसक्त हो जाता है—

"विषयान्ध्यायतश्चित्तं विषये तु विषज्जते।
मामनुस्मरतश्चित्तं मय्येव प्रविलीयते॥"

रूक्ष से रूक्ष विषय का भी चिन्तन करने से उसमें संग, आसक्ति एवं राग हो जाता है—

"ध्यायतो विषयान्पुंसः संगस्तेषूपजायते।"

मन को पहले विस्तृत वृहत् विषय में स्थिर करके फिर शनैः शनैः सूक्ष्म विषय में स्थिर किया जाता है, स्वरूप, गुण, नाम, चरित्र का चिन्तन करते करते मन की चंचलता शान्त हो जाती है, फिर सच्चिदानन्दघन भगवान् के मधुर, मनोहर स्वरूप में चित्त स्थिर किया जा सकता है। उसमें भी स्वरूपचिन्तन से चंचल होने पर मन्त्र-चिन्तन, उसमें भी उपरत होने पर गुण या चरित्र का चिन्तन करना चाहिए एवं पुनः शान्त होने पर स्वरूपानुसन्धान करना होता है—

"स्वाध्यायाद्योगमाप्नोति योगात्स्वाध्यायमामनेत्।
स्वाध्याययोगसम्पत्या परमात्मा प्रकाशते॥"

जैसे गज युक्ति से एवं अंकुश से ही वश होता है, वैसे ही मन भी युक्ति से ही वश में होता है। चरित्र, नाम और स्वरूपानुसन्धान की महिमा से मन में भगवान् की मधुर मूर्ति प्रकट होती है। बस, उसके प्रकट होते ही मन की उसमें आसक्ति और एकाग्रता हो जाती है। अत्यन्त प्रेमासक्ति से जब शिथिल मन ध्येयस्वरूप को भी नहीं ग्रहण कर सकता, तब ध्येय के बिना ध्यान और ध्याता का भी अभाव हो जाता है। उस समय अनिर्देश्य, शुद्ध, अखण्ड सच्चिदानन्द का प्रकाश होता है। जो ध्याता, ध्यान एवं ध्येय का प्रकाशक था, वही इस अवसर में ध्याता, ध्यान, ध्येय के अभाव का भासक होकर व्यक्त होता है। बस, यही मनोनिरोध की चरम सीमा और चरम फल है।

पंच 'म' कार

[अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री करपात्री जी महाराज]

[यह लेख साप्ताहिक 'सिद्धान्त' के पौष कृष्ण ७ सं० १९९९, २९ दिसम्बर, १९४२ अंक से संगृहीत हुआ है—संपादक।]

किसी जिज्ञासु सज्जन के निम्नलिखित प्रश्न हैं—"तन्त्रोक्त उपासना में पञ्च मकार (मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा, मैथुन) के विषय का वर्णन कई स्थानों में कई एक प्रकार से विहित है एवं इसी के अनुयायी 'वाममार्गी' और विलोमानुयायी 'दक्षिणमार्गी' कहलाते हैं। तन्त्र में पञ्च मकार के विषय को छोड़कर और अन्य सभी विषयों में कोई इतना अधिक वाद-विवाद एवं आपत्ति भी नहीं प्रतीत होती है। सबसे अधिक विस्मय की बात तो यह है कि स्वयं भगवान् चन्द्रशेखर त्रिलोचन अनगांगहर हर इस मार्ग के प्रवर्त्तक हैं। एक ओर शंकर का उपदिष्ट मार्ग, दूसरी ओर मद्य, मांस, मैथुनादि अत्यन्त वीभत्स उपहारों द्वारा देवार्चन दुःसम्भव ही नहीं, असम्भव सा प्रतीत होता है, क्योंकि मनुष्यता के नाते अगर इन्द्रियगम्य मद्य, मांस, मैथुनादि जघन्य लीलाओं के द्वारा विश्व-व्यवस्था को विश्रृङ्खलित कर तमोगुण के ताण्डव नृत्यादि द्वारा यदि स्वर्ग या स्वर्गादपि परे सुखों की प्राप्ति होती हो, तो मैं नहीं समझ सकता कि नरकादि दुःखों की प्राप्ति के भी कोई साधन अवशिष्ट रह जाते हैं। वाममार्ग के अधिकारी के लक्षण 'मेरुतन्त्र' में निम्नप्रकार मिलते हैं।

'परद्रव्येषु योऽन्यत्र परस्त्रीषु नपुंसकः।
परापवादे यो मूकः सर्वदा विजितेन्द्रियः॥
तस्यैव ब्राह्मणस्यात्र वामे स्यादधिकारिता।"

इससे प्रतीत होता है कि यद्यपि मद्य, मांस, मैथुनादि तन्त्र-विहित है, तथापि इन्द्रयातीत पद्धति द्वारा, न कि इन्द्रियलोलुपता द्वारा। मांसभक्षण के विषय में और भी अनेकों खण्डन-मण्डन के प्रमाण उपलब्ध होते हैं' जैसे—

'अनुमन्ता विशसिता निहन्ता क्रयविक्रयी'

इत्यादि मनूक्त वचनों से आठव्यक्तियों को घातक वतलाया गया है। पुनः उक्त ग्रन्थ में ही यह प्रमाण पाया जाता है—

'न मांसभक्षणे दोषः·········महाफला,

इत्यादि से प्रवृत्ति की अपेक्षा निवृत्ति श्रेष्ठ हुई, पर निषेध नहीं। मांसाहारी की अपेक्षा निरामिषाशी श्रेष्ठ हुए, पर मांसाहारी पतित नहीं। वेद के याज्ञिक विषयों में भी अनेकों प्रमाण हैं, जैसे—'क्रव्यादाः पितरः' इत्यादि। एवं 'मार्कण्डेय पुराण' के ३१वें अध्याय में पितरों को अमुक अमुक पशुविशेष का मांस अर्पण करना अतिप्रशस्त उल्लिखित है। इन श्लोकों के अर्थ-सम्बन्ध में, शब्द तो कामधेनु हैं तथा हर एक व्यक्ति अपने-अपने साम्प्रदायिक दृष्टिकोण एवं मतानुसार अर्थ लगा ही लेते हैं और अर्थभेद के कारण झगड़ा पड़ जाता है। शब्द जड़ होने के कारण स्वतः कोई आपत्ति उपस्थित नहीं कर सकते। यहाँ उदाहरणार्थ पूज्यपाद तारानन्दजी तीर्थ संगृहीत भैरवया-मलादि तन्त्रप्रमुख-ग्रन्थ-प्रमाण संकलित 'तन्त्रतत्वप्रकाश' नाम के निबन्ध में पंचमकार का जो अर्थ है, वह ध्यान देने योग्य है। पञ्च मकार का तथ्य क्या है ? उसकी भित्ति क्या है ? एवं आधुनिक समय में जो उसका उपयोग हो रहा है वह कैसा है ? इत्यादि विषयों पर प्रकाश डालने की बड़ी आवश्यकता है।

उपर्युक्त प्रश्न बड़े जटिल हैं। इस विषय में अनेक लोगों के भिन्न-भिन्न वक्तव्य हैं। स्वयं तन्त्रों में भी 'पञ्चमकार' के आध्यात्मिक अर्थ किये जाते हैं और अत्यन्त जितेन्द्रिय को ही उक्त मार्ग का अधिकार बतलाया जाता है। जेल में राजा भी जा सकता है, परन्तु उसका जाना निरीक्षण और सुधार के लिए ही हो सकता है। इसी तरह किसी विशिष्ट साधना के लिए ही उच्च कोटि के अधिकारियों की प्रवृत्ति उक्त विषयों में हो सकती है। 'दक्षिणमार्ग' के वैदिक लोगों को तो पञ्चमकारादिका अत्यन्त त्याग है। अपौरूषेय वेद ही धर्म में प्रमाण हैं। तदनुकूल तन्त्र आदरणीय हैं, विपरीत नहीं। उसमें भी अन्त में जितेन्द्रिय का योगाभ्यास तत्वनिष्ठा का ही उपदेश है।

वैदिक लोगों की दृष्टि में रागप्राप्त वस्तु का विधान नहीं हो सकता, किन्तु रागप्राप्त वस्तु का अनुवाद करके अप्राप्त उपासनादि का उपदेश किया जाता है। जैसे-वचनान्तर से प्राप्त होम का अनुवाद करके "दध्नाजुहोति" से केवल अप्राप्त दधि का ही विधान किया जाता है किंवा रागप्राप्त व ह्वन्नकरण का अनुवाद करके अतिथिसत्कार के अंगरूप से उसी का विधान होता है, वैसे ही रागप्राप्त प्रवृत्तियों का अनुवाद करके प्रथम की उपासना के अंगरूप से अनुमोदन किया जाता है, उसके विधान में शास्त्र का मुख्य तात्पर्य नहीं है। किसी भी कर्म को राग और अभि-निवेश से किये जाने पर और फल होता है, अन्याभिनिवेश से किये जाने पर और फल होता है। कायिक, मानस दोनों कर्मों की अपेक्षा केवल कायिक कर्म कमजोर होता है। राग और दृढ़ अभिनिवेशपूर्वक प्रवृत्तियों का सेवन करने की अपेक्षा भगवच्चिन्तनादि उपासनाओं की ओर मन रहने से केवल कायिकी कुप्रवृत्ति कम अनिष्टकर होती है, फिर उसकी भी निवृत्ति हो सकती है। व्यसन-निवृत्ति का असाधारण कारण तद्विषयक चिन्तन का त्याग ही है।

मांस के विषय में जिन विधि-निषेधों की चर्चा की गयी है, कुल्लूकभट्ट आदि टीकाकारों ने उनकी व्यवस्था की है। देवता, पितर आदि के उद्देश्य से संस्कृत मांस का अनुमोदन है, उदर पोषणार्थ मांस का निन्दन है। धर्म अधर्म के विषय में अपौरुषेय वेद एवं तन्मूलक, तदविरुद्ध शास्त्र ही प्रमाण हैं। अपौरुषेय होने से भ्रम, प्रमाद, विप्रलिप्सा, करणापाटवादि दोषों से असंस्पृष्ट होने के कारण वेद मुख्य प्रमाण हैं, दूसरे आर्ष ग्रन्थ भी यदि वेदों से विरुद्ध हों और उस विरोध का परिहार न हो सकता हो, तो उनके विरुद्ध अंश का अप्रामाण्य होता है। वैदिक लोगों की दृष्टि में वेद से विरुद्ध ईश्वरवचन भी अप्रमाण माना जाता है। अतएव बुद्धवचन को वैदिक लोग प्रमाण नहीं मानते। इसीलिए वैदिक लोग वेदों का ईश्वरवचनत्वेन प्रामाण्य नहीं मानते, किन्तु अपौरुषेयत्वेन प्रामाण्य मानते हैं, अन्यथा जिन युक्तियों से वेदकार को वैदिक सिद्ध करेंगे, उन्हीं युक्तियों से अन्यान्य मतानुयायी भी अपने-अपने ग्रन्थकार को परमेश्वर सिद्ध करने का प्रयत्न करेंगे। फिर कौन ईश्वरोक्ति है, कौन ईश्वरोक्ति नहीं, इसका निर्णय कठिन हो जायेगा। अनुमान से ईश्वर सामान्य का ही निर्णय होता है, ईश्वरविशेष का नहीं। जैसे अनुमान से

वह्निसामान्य का ही निर्णय होता है, वह्निविशेष का नहीं, ठीक वैसे ही ईश्वरविशेष के निर्णय में आपत्तियाँ हैं, इसीलिए वैदिक अपौरुषेयत्वेन वेदों को प्रमाण मानते हैं और फिर वेदोक्त होने से परमेश्वर को स्वीकार करते हैं। तथाच मीमांसा निर्धारित वेदोक्त अर्थ ही धर्म है, वेदनिषिद्ध अर्थ ही अधर्म है, यही वैदिकों का निर्णय है। पितरों के लिए मांस कलि में निषिद्ध है—

"अश्वालम्भं गवालम्भं संन्यासं पलपैतृकम् ।
देवराच्च सुतोत्पत्तिं कलौ पञ्च विवर्जयेत् ॥"

ज्योतिष्टोमादि में आज भी शास्त्रविधि का पालन उचित ही है। किन्हीं लोगों के लिए 'पञ्च मकार' भले ही उपयोगी हो, परन्तु सर्वसाधारण की उस ओर कदापि प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए, उनके लिए वह मार्ग बहुत खतरे का है। श्रौत-स्मार्त्त कर्म एवं अपनी उपासनाओं से ही सम्पूर्ण अभीष्ट और मुक्ति सिद्ध होती है।

योगाभ्यास का परमफल

[स्वर्गीय महामहोपाध्याय पण्डित श्री गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी]

['गीताव्याख्यानमाला' प्रथम भाग के ८० वें पुष्प का पं० रामाधीन चतुर्वेदी के द्वारा प्रस्तुत सारांश—
—संपादक]

योगाभ्यास से अन्तःकरण को वश में करने में बहुत सहायता मिलती है। वह योग अनेक प्रकार का भिन्न-भिन्न शास्त्रों में वर्णित है। मन्त्रयोग, हठयोग, राजयोग, लययोग आदि कई भेद योग के शास्त्रों में निरूपित हैं और उन योगों के प्रतिपादक ग्रन्थ भी संस्कृत साहित्य में बहुत हैं। किन्तु गीता में सब योगों में उपयुक्त सामान्य प्रक्रियाओं का ही संक्षेप से निदर्शन करते हुए भगवान् कहते हैं कि—

योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः॥ (६।१०)

अर्थात् योगाभ्यास में प्रवृत्त होने वाला पुरुष एकान्त स्थान में अर्थात् जहाँ व्यावहारिक पुरुषों का सम्पर्क प्राप्त न हो सके, ऐसे नदी तीर, पर्वत कन्दरा आदि स्थानों में स्थित हो, वहाँ भी अकेला ही बैठे अर्थात् अपने इस्ट-वान्धव, पुत्र, कलत्र आदि का सम्पर्क न करे। इस प्रकार के जनसम्पर्क से परस्पर वार्तालाप का प्रसङ्ग होकर चित्त की एकाग्रता में वाधा उपस्थित होना सम्भव है। इसलिये ऐसी वाधा के मूल को ही हटा देना चाहिये। चित्त और आत्मा अर्थात् इन्द्रिय, शरीर आदि को संयत रखकर योगाभ्यास करना चाहिये। श्लोक में आत्मा पद शरीर, इन्द्रिय आदि के समूह का ही वाचक है। मन को एकाग्र करना विशेष आवश्यक है इसलिए चित्त पद का पृथक् उपादान किया गया है। अपने योगाभ्यास की सिद्धि के अतिरिक्त और कोई इच्छा चित्त में नहीं रखनी चाहिये। जो लोग दूसरों के मारण, मोहन आदि के उद्देश्य से योगाभ्यास करते हैं वे शास्त्र सम्मत कार्य नहीं करते, यह इस विशेषण से सूचित किया गया है। एकाकी रहने पर भी लेखनी, पुस्तक आदि का संग्रह बहुत सा साथ रख लिया जाय, ऐसा परिग्रह भी न होना चाहिये। इस प्रकार के अपने आत्मा अन्तःकरण को 'युञ्जीत' एकाग्र करना चाहिये अथवा आत्मा अर्थात् चिदात्मा को अपने ही से मिलाना चाहिये। अपने ही दर्शन में निरत करना चाहिये। "सततम्" पद का अभिप्राय है कि योगाभ्यास निरन्तर करना चाहिये। कुछ काल किया और कुछ काल छोड़कर फिर आरम्भ किया, ऐसा नहीं होना चाहिये। योग दर्शन में भी कहा गया है कि "**स तु दीर्घकालनैरन्तय-सत्काराऽऽसेवितो दृढ़भूमिः** [यो० सू० १।१४] अर्थात् बहुत काल तक निरन्तर—विच्छेद न कर आदर पूर्वक सेवन करने से योगाभ्यास दृढ़ होता है। सत्कार का तात्पर्य है कि मैं बहुत अच्छा कार्य कर रहा हूँ–ऐसा भाव अभ्यासी के हृदय में रहना चाहिये।

पातञ्जल योग सूत्र में योग के आठ अङ्ग बताये गये हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इनमें यम और नियम तो सर्व साधारण के लिये, जो योगाभ्यास नहीं भी करते हैं, उनके लिये भी आवश्यक होते हैं। योगाभ्यास करने वाले को यम-नियमों की विशेष आवश्यकता है, इस लिये उनकी योगाङ्गो में गणना की गई है, किन्तु योगाभ्यास तो आसन से ही आरम्भ होता है। इसलिये प्रथमतः आसन का ही निरूपण भगवान् यहाँ करते हैं कि—

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम्॥ (६।११)

अर्थात् पवित्र देश में अपना ऐसा सुस्थिर आसन प्रतिष्ठित करना चाहिये जो भूमि से न बहुत ऊँचा हो न भूमि से अत्यन्त सम्मिलित ही हो, और उस आसन में चैल अर्थात्

रेशम आदि का मृदु वस्त्र, पवित्र मृगचर्म तथा कुशा, ये क्रम से उत्तरोत्तर हों। यहाँ इन तीनों का क्रम से उत्तरोत्तर होना अपने शरीर की अपेक्षा से लेना चाहिये, अर्थात् शरीर के नीचे पहले रेशमी वस्त्र हो, उसके अनन्तर मृगचर्म और उसके अनन्तर कुशायें। कुशाओं का सम्बन्ध भूमि से रहना चाहिये। यही उत्तरोत्तर का क्रम शिष्ट सम्प्रदाय में प्रचलित है। आसन लगाने के पहले भूप्रदेश की पवित्रता का ज्ञान आवश्यक है, इसका संकेत "शुचौ देशे" इन पदों से किया गया है। भूप्रदेश की पवित्रता का निरूपण धर्मशास्त्र ग्रन्थों में इस प्रकार किया गया है कि—

सर्वत्र वसुधा पूता यत्र लेपो न विद्यते।
यत्र लेपः कृतस्तत्र पुनर्लेपेन शुद्ध्यति॥

इसका अर्थ है कि जहाँ लेप अर्थात् वाह्य पदार्थों का सम्बन्ध न हुआ हो, ऐसी भूमि का प्रदेश पवित्र ही रहता है, जैसे पर्वत, कन्दरा आदि का प्रदेश। और जहाँ एक वार लेप कर दिया गया हो, वहाँ तो फिर गोमय आदि का लेप करने पर ही शुद्धि होती है। यहाँ यह भी स्मरण रखना चाहिये कि आधुनिक विज्ञान के वेत्ता डाक्टरों ने भी यह स्वीकार किया है कि गोमय में रोग के कीटाणुओं का संक्रमण नहीं होता, और जिन वस्तुओं का आसन में उपयोग करना वताया गया है, ये सव वस्तुएँ भी आधुनिक भाषा में "नानकन्डेक्टिग" मानी गई हैं। अर्थात् इनमें विद्युत् शक्ति नहीं चलती। इससे भारतीय धर्म, विज्ञान से कितना सम्बन्ध रखता है यह वात स्पष्ट हो जाती है। अस्तु! "शुचौ देशे" इन पदों से यह भी सूचित किया गया कि भूमि पर ही योगाभ्यासी को आसन लगाना चाहिये किसी काष्ठ-पीठ (चौकी-तखत) आदि पर अभ्यास के लिए आसन न लगावें। और "आत्मनः" पद से यह सूचित किया कि प्रत्येक व्यक्ति का अपना आसन पृथक् ही हो। किसी दूसरे पुरुष के काम में लिये हुए आसन पर अभ्यास नहीं हो सकता, क्योंकि जिस आसन पर कोई व्यक्ति बैठ गया, उसमें उस व्यक्ति की विद्युत् शक्ति का सम्वन्ध हो जाता है। दूसरा पुरुष यदि उस पर बैठेगा तो इन दोनों की विद्युत् शक्ति का संमिश्रण होने से अभ्यास में वड़ी वाधा उपस्थित हो जायेगी। इसी प्रकार वहुत ऊँचा आसन होने से भूमि की व्यापक विद्युत् शक्ति से सम्वन्ध ही छूट जायेगा, जोकि भूप्रदेश के प्राणियों के लिये अहितकर होगा और अत्यन्त नीचा आसन रहने पर भूमि ही योगाभ्यास से उत्पन्न शक्ति का आकर्षण न कर ले यह भय वना रहेगा। इसलिये योगाभ्यास में अत्यन्त ऊँचे और अत्यन्त नीचे आसन का निषेध किया गया है। साथ ही आसन स्थिर हो अर्थात् इधर-उधर चल-प्रचल होने का भय न रहे, इस प्रकार के समतल में आसन पर बैठकर चित्त और इन्द्रियों की चञ्चलता को हटाकर, मन को एकाग्र करके चित् शक्ति की विशुद्धि अर्थात् वन्धन निवृत्ति के उद्देश्य से चित्त वृत्ति प्रवाह को रोकने का अनुष्ठान करना चाहिये। **"उपविश्याऽऽसने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये"** के **"उपविश्य"** पद से भगवान् यह सूचित करते हैं कि योगाभ्यास बैठकर ही हो सकता है, खड़े रहकर वा लेट कर नहीं। "आत्म विशुद्धि" का अर्थ अन्तःकरण की शुद्धि भी व्याख्याओं में किया गया है। उनका अभिप्राय है कि चित् शक्ति तो सदा ही शुद्ध है, उस पर मलिनता तो चित्त के सम्वन्ध से ही आती है। इसलिए चित्त की शुद्धि ही योगाभ्यास का मुख्य फल है। वेदान्त दर्शन में अन्तःकरण के चार भेद माने गये हैं—मन, वुद्धि, अहङ्कार और चित्त। आगम शास्त्र में चित्त को ही चिति का प्रथम संक्रमण कह कर मुख्य माना गया है। उस चित्त की चञ्चलता हटा देने पर मन आदि सव अन्तःकरणों की चञ्चलता हट जाती है। इसलिए चित्त की क्रिया को संयत करना यहाँ कहा गया, और अन्तःकरणों में मन का स्थान प्रथम आता है, मन में ही विशेषरूप से चञ्चलता प्रसिद्ध है, उसको एकाग्र करने से अर्थात् उसकी चञ्चलता हटाकर एक तरफ लगा देने से वुद्धि आदि की भी स्थिरता हो जाती है। इसी अभिप्राय से **"तत्रैकाग्रं मनःकृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः"** में पहले मन की एकाग्रता और आगे चित्त पद से उपलक्षित शेष सभी अन्तःकरणों की संयतता दिखाई गई। इसलिये पुनरुक्ति नहीं है। आगे योगाभ्यास के समय शरीर की आवश्यक स्थिति का निरूपण करते हुए भगवान् कहते हैं—

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः।
सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन्॥
प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः॥

(६।१३-१४)

अर्थात् धड़, ग्रीवा और शिर को एक सीध में रखना चाहिये और ये सव निश्चल रहें; इधर-उधर परिवर्तन की क्रिया वन्द रखनी चाहिये। इधर-उधर दिशाओं को न देखकर अपनी नासिका के अग्रभाग पर दृष्टि रखनी चाहिये। दोनों नेत्रों की रश्मियाँ जो भिन्न-भिन्न रूप से चलती हैं, उन्हें एक जगह मिलाकर पुनः एक जगह लगा देना ही नासाग्र

दृष्टि कहलाती है। दोनों नेत्रों से जो पृथक्-पृथक् रश्मियाँ निकलती हैं उन्हें तिरछा करके नासिका के अग्रभाग की ओर झुका कर सीधे में कर देने से यह दृष्टि बनती है, उससे केवल अपनी नासिका का अग्रभाग ही दिखाई देता है। इधर-उधर की दिशाएँ नहीं दिखाई देतीं। इससे चित्त की एकाग्रता में बहुत बड़ी सहायता मिलती है। यह हठयोग की प्रक्रिया है। क्योंकि इन्द्रियों को बलपूर्वक एक ओर लगाना ही "हठयोग" कहलाता है। इस प्रकार योगाभ्यास में शरीर-स्थिति के साथ ही अन्तःकरण को भी सब प्रकार से शान्त रखना चाहिये। अन्तःकरण में भिन्न-भिन्न प्रकार के सांसारिक भावों का उदय न हो, ऐसा यत्न करना चाहिये और अन्तःकरण में विकार उत्पन्न करने वाले भय के संचार को मन में से सर्वथा हटा देना चाहिये। इस लोक में या परलोक में मेरी दुर्गति होगी, इस प्रकार का भय चित्त में नहीं लाना चाहिये तथा योगाभ्यास करने के काल में ब्रह्मचर्य का नियम आवश्यक है। शास्त्रों में जो आठ प्रकार का मैथुन बताया गया है, उन सबका परित्याग करना ही ब्रह्मचर्य है। आठ प्रकार का मैथुन इस प्रकार कहा गया है—

> स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणम्।
> संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रिया निवृत्तिरेव च॥
> एतन्मैथुनमष्टाङ्गं प्रवदन्ति मनीषिणः।
> विपरीतं ब्रह्मचर्यमेतदेव प्रकीर्तितम्॥

अर्थात् स्त्रियों का स्मरण करना, उनकी बात मुख से कहना, उनके साथ क्रीड़ा, उनको सकाम देखना, उनके साथ गुप्त बात करना, स्त्रीप्रसङ्ग करूँगा—इस प्रकार का चित्त में संकल्प, और उस संकल्प की सिद्धि के लिए कई प्रकार के प्रयत्न और अन्ततः "क्रिया निर्वृत्ति" अर्थात् स्त्री संपर्क; ये आठ प्रकार के मैथुन कहे जाते हैं, और इनके विपरीत इन सबको छोड़ना ही ब्रह्मचर्य है। इस प्रकार के ब्रह्मचर्य में स्थित होना आवश्यक है तथा मन को पूर्ण रूप से एकाग्र करके अपने चित्त को मुझ परमेश्वर में ही लगाकर मुझको ही सर्वानन्दमय मानता हुआ बहुत काल पर्यन्त ऐसी स्थिति में रहे। यहाँ "मच्चित्तः" और "मत्परः" पदों से ध्यानयोग को प्रधान बताया गया है। तथा "युक्तः" पद से समाधि का कथन माना गया है, क्योंकि मूल का "आसीत" पद भी उसे ही स्पष्ट कर रहा है कि ऐसी स्थिति में चिरकाल तक रहना। ऐसी सम्प्रज्ञात समाधि से ही असम्प्रज्ञात समाधि भी सिद्ध हो जाती है। इनमें केवल इतना ही भेद है कि सम्प्रज्ञात समाधि में "मैं इस वस्तु का ध्यान कर रहा हूँ" इस प्रकार की ध्याता, ध्यान की वस्तु ध्येय, और ध्यान, यह "त्रिपुटी" बनी रहती है, और असम्प्रज्ञात समाधि में यह "त्रिपुटी" नहीं रहती, अर्थात् मैं ध्यान करता हूँ—यह भी ध्यान में से हट जाता है, केवल ईश्वर के जिस रूप का ध्यान किया जाय वही चित्त में रह जाता है।

इस प्रकार मन को सदा योगयुक्त करने वाले योगी का मन सर्वथा स्थिर हो जाता है, उसकी वित्तैषणा, पुत्रैषणा और लोकैषणा सर्वथा निवृत्त हो जाती हैं। धन आदि बाह्य वस्तुओं की इच्छा को "वित्तैषणा" कहा जाता है, पुत्र आदि कुटुम्ब रखने की इच्छा को "पुत्रैषणा" बताया गया है और लोक में मेरा नाम प्रतिष्ठा से लिया जाय—ऐसी प्रसिद्धि की इच्छा "लोकैषणा" कहलाती है। ये तीनों प्रकार की इच्छाएँ ही संसार में बन्धन रूप हैं। योगाभ्यास करने से मन में इन तीनों ही इच्छाओं का अभाव हो जाता है और अन्त में उसको वह शान्ति प्राप्त होती है जिसका परम फल निर्वाण अर्थात् मोक्ष है। मोक्ष किसे कहते हैं यह भी—

> युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः।
> शान्तिं निर्वाणपरमां मत्स्थानमधिगच्छति (६।१५)

इस श्लोक के अन्तिम चरण "मत्स्थानमधिगच्छति" से स्पष्ट किया जाता है कि मुझमें ही आकर स्थित हो जाना, यही मोक्ष है, जीव भाव हट कर ब्रह्मरूप हो जाना ही मोक्ष कहा जाता है। उस समय जीव में किसी प्रकार की हलचल नहीं रहती। ब्रह्मरूप होकर वह भी क्षोभ रहित हो जाता है। अतः इस निर्वाण पद को प्राप्त कर लेना ही योगाभ्यास का परम फल सिद्ध होता है।

तिब्बत का विज्ञान

[स्वर्गीय पंडित गंगाशंकरजी मिश्र]

[यह लेख साप्ताहिक "सिद्धान्त" के पौष शुक्ल ६, सं० १९९९, १२ जनवरी, १९४३ अंक से संगृहीत हुआ है।—सम्पादक]

तिब्बत इस वर्तमान वैज्ञानिक युग में भी एक रहस्यमय प्रदेश है। भारत की योग, तन्त्र आदि विद्याएँ आज भी यहाँ बहुत कुछ सुरक्षित हैं। अतिप्राचीन काल से दोनों देशों का सम्बन्ध रहा है। सातवीं शताब्दी के आरम्भ में वहाँ के राजा का विवाह नेपाल और चीन की राजकुमारियों से हुआ, जिनके प्रभाव से वह बौद्ध हो गया। उसने सम्भोत नाम के एक पण्डित को भारत भेजा, जो यहाँ से बहुत सी पुस्तकें ले गया। सन् ७४७ में राजा का निमंत्रण पाकर नालन्दा विश्वविद्यालय से आचार्य पद्म-सम्भव तिब्बत गये और उन्होंने वहाँ योग तथा तन्त्र का बहुत प्रचार किया। सन् १०३८ में विक्रमशिला से आचार्य अतीश भी गये। उन्हीं दिनों तिब्बत से मरप नाम का लामा भारत आया और योग तथा तन्त्र की शिक्षा प्राप्त करके कई संस्कृत ग्रन्थ ले गया, जिनका उसने अपनी भाषा में अनुवाद किया। योगी मिलेप इसी का शिष्य था, जिसकी गद्दी अबतक चल रही है। तिब्बत बड़ा दुर्गम देश है, फिर वहाँ के शासकों ने विदेशियों, विशेषकर पाश्चात्यों के विरुद्ध सदा उस पर ताला लगाये रखा, जिसके फलस्वरूप वहाँ की प्राचीन संस्कृति सर्वथा नष्टभ्रष्ट नहीं होने पायी। तन्त्र-मन्त्र, टोना-डामर वहाँ आज भी खूब चलता है, वहाँ का वायु-मण्डल भूत-प्रेतों से ओतप्रोत है। उसके रहस्यों को प्रकट करने का इधर कई विदेशियों ने प्रयत्न किया है। श्रीमती अलेक्जेण्ड्रा डेविडनील, जो एक फ्रांसीसी महिला हैं, भिखारिन का रूप धर कर वहाँ घुस गयीं। अपना गोरा रंग छिपाने के लिए उन्हें हर समय अपना शरीर कालिख से पोते रहना पड़ता था। उन्हें कैसे-कैसे कष्ट सहने पड़े, किन-किन कठिनाइयों का सामना पड़ा, इसका रोचक वर्णन उन्होंने अपनी पुस्तक 'माई जर्नी टु लासा' (मेरी लासा यात्रा) में किया है। पाँच बार उन्होंने वहाँ की यात्रा की और १५ वर्ष रहकर बौद्धधर्म की दीक्षा ली तथा लामाओं से योग सीखा। साल भर तक काशी में भी रहकर उन्होंने वेदान्त का अध्ययन किया था। वे अब भी जीवित हैं और उनके लेख प्रायः पत्र-पत्रिकाओं में निकला करते हैं। 'विद दि मिस्टिक्स ऐण्ड मर्जीशियन्स आफ टिबेट' (तिब्बत के योगियों और मायावियों के साथ) नामक पुस्तक में उन्होंने वहाँ के लामाओं की सिद्धियों का बड़ा आश्चर्यजनक वर्णन किया है। 'आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय' में 'डाक्टर आफ सायन्स' (विज्ञानाचार्य) की उपाधि प्राप्त श्री इवान्स वेट्ज ने भी वहाँ के योग का अच्छा अध्ययन किया है। स्वर्गीय लामा काजी दवासन्दूप की सहायता से, जो कुछ काल तक कलकत्ता विश्वविद्यालय में तिब्बती भाषा के अध्यापक थे, उन्होंने योग तथा तन्त्र की कई तिब्बती पुस्तकों का अंगरेजी में अनुवाद किया है। इन पुस्तकों की भूमिका और टिप्पणियों में उन्होंने बड़ी विद्वत्ता के साथ इन जटिल विषयों की समीक्षा की हैं। पहिली पुस्तक 'टिबेटन बुक आफ दि डेड' (तिब्बतीमृतकशास्त्र) है, जिससे मृत्यु के बाद जीव किस लोक में रहता है और किस तरह दूसरे शरीर में उसका जन्म होता है, यह बतलाया गया है। दूसरी पुस्तक में वहाँ के प्रसिद्ध योगी 'मिलेप' का, जिसका जन्म सन् १०५२ में हुआ था,

(लेखक)

जीवनचरित है। तीसरी पुस्तक 'तिब्बती योग' है, जिसमें वहाँ के योग तथा तन्त्र की सात पुस्तकों का संग्रह है।

योग, तन्त्र आदि की सिद्धियों के अतिरिक्त वहाँ भौतिक विज्ञान के भी ऐसे चमत्कार देखने में आते हैं, जिससे आजकल के वैज्ञानिकों की बुद्धि चक्कर में पड़ सकती है। इन पर श्री बी० द० अवर्ने ने कुछ प्रकाश डाला है। तिब्बत जाकर बड़े परिश्रम से उन्होंने खोज की है और अपने अनुभवों का संक्षिप्त वर्णन एक लेख में दिया है, जो सन् १९४० के 'विहार-उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी जर्नल' में प्रकाशित हुआ है। इसमें आपने वतलाया है कि उनको यहाँ कितनी ही ऐसी घटनाएँ देखने में आयीं, जिनका प्रत्यक्ष कारण वैज्ञानिकों की समझ में नहीं आ सकता, पर उनमें भी 'कार्य-कारण' का नियम लागू हो सकता है। आवश्यकता है उचित अनुसन्धान की। बड़े-बड़े भारी पत्थरों को, जिनका विना यन्त्र की सहायता के उठाना मुश्किल है, वहाँ के लोग सहज में उठा लेते हैं। एक २० सेर का पत्थर पड़ा हुआ था, एक लामा ने अपनी कटोरी से कुछ गाढ़ा तेल उस पर ताँबे के तार की एक कूँची से छिड़का। पाँच ही मिनट वाद जव श्री अवर्ने ने पत्थर उठाया, तव उसका वजन लगभग एक सेर के रह गया। उन्हें आश्चर्यचकित देखकर लामा ने हँसते हुए कहा कि 'अव तुम्हें हमारी वातों में विश्वास होगा। दो घंटे वाद उस पत्थर का वजन फिर उतना ही हो जायगा'। हुआ भी वैसा ही। कारण पूछने पर उसने कहा— 'कुछ काल के लिए इसमें पृथ्वी को सुला दिया गया था' अर्थात् पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति को निश्चेष्ट वना दिया गया था। ऐसा करने में किसी मन्त्रशक्ति से काम नहीं लिया गया था। यह कुछ द्रव्यों का रासायनिक प्रभाव मात्र था। जिस तरह पानी से आग बुझ जाती है, गरमी से पानी हवा वन जाता है, उसी तरह रासायनिक तेल के प्रभाव से पत्थर भी हलका हो गया। यदि आधुनिक विज्ञान इन द्रव्यों का पता लगा ले, तो कितना काम वन सकता है।

ऐसे ही एक वार उन्होंने देखा कि एक वृद्ध लामा ८ इंच लम्बी और २ इंच गोल किसी धातु की एक नली को एक तरफ की ढकनी खोलकर अपने कान में लगा रहा है। क्षण भर वाद उसने दूसरे ओर की ढकनी खोली और उसे अपने मुँह में लगाकर दो-चार वाक्य धीरे से कह दिये। श्री अवर्ने को आश्चर्य में देखकर उसने कहा कि "इसके द्वारा मैं दो सौ मील की दूरी पर स्थित अपने मित्र एक युवक लामा, जिसकी आयु अभी कुल १२० वर्ष की है, वातचीत कर रहा हूँ।" पता लगाने पर ज्ञात हुआ कि यह यन्त्र वहाँ 'गुप्तदूत' के नाम से प्रसिद्ध है। इसके जोड़े होते हैं। किन्हीं दो व्यक्तियों के पास एक-एक होने से वे उनके द्वारा सैकड़ों मील की दूरी से परस्पर वातचीत कर सकते हैं। विना जोड़ के अकेला यन्त्र वेकार है। कुछ धातुओं तथा वनस्पतियों से इसकी नली वनती है, जिसमें शब्द पड़ने से वायु में स्पन्दन होता है, जिसका प्रभाव उसके जोड़ पर पड़ता है। कुछ दिन वाद यह यन्त्र खराव हो जाता है, पर कुछ रसायनों से उसकी मरम्मत हो सकती है। प्राचीन काल में 'ग्यालजोम' नामक सम्प्रदायवालों में इसका बड़ा प्रचार था। वे इसके वनाने की विधि को गुप्त रखते थे, पर कुछ लोगों को इसका ज्ञान हो ही गया और आज भी वहाँ इसके वनानेवाले कुछ लामा मिलते हैं। यदि इस विधि का पता लगाया जाय, तो यह यन्त्र रेडियो से कहीं सस्ता पड़ सकता है।

वहाँ पुल वाँधने का एक विचित्र प्रकार देखने में आया। किसी वृक्ष की जड़ का गेंद के वरावर एक गोला कुछ रासायनिक पदार्थों में २४ घंटे तक भिगो दिया गया। फिर वह गोला एक नाले के किनारे, जिसका पाट लगभग ३० फिट था, दो फुट की गहराई में गाड़ दिया गया। दो दिन वाद उसमें से कई लताएँ फूट निकलीं, जो आसपास की चट्टानों में बड़ी दृढ़ता के साथ लपट गई। ये सर्पाकार लताएँ रेंगती और वढ़ती हुई प्रत्यक्ष देख पड़ती थीं। जहाँ कहीं इनको जमीन मिलती थी, उसमें धँस जाती थीं और पत्थरों, चट्टानों को जकड़ लेती थीं। नाले के एक किनारे पर से पुल की चौड़ाई भर के ६, ६ इंच की दूरी पर सन के रस्से दूसरे किनारे पर वाँध दिये गये और उन पर लताएँ चढ़ा दी गयीं। दो तीन दिन में

लताएँ उन रस्सों के सहारे नाले के उस पार पहुँच गयीं और खूब मोटी-मोटी हो गयीं। एक सप्ताह के भीतर ४ फुट चौड़ा झूले का एक मजबूत पुल तैयार हो गया। यह भी मालूम हुआ कि थोड़े दिनों में ये लताएँ रस्सों को खाकर केवल अपने ही सहारे स्थित रहती हैं और तब तक नष्ट नहीं होती हैं, जब तक उनका मूल सुरक्षित है। यदि पुल को शीघ्र नष्ट करना हो तो एक तीर को 'अकोनाइट' में भिगोकर जड़ में कोच देने से २० मिनट के भीतर सारी लताएँ सूखकर गिर पड़ेंगी। यह लता वहाँ 'सा-वा' कहलाती हैं। इसका पता लगाकर दूसरी जगह लगाने से नदी-नाले में छोटे-छोटे पुल बनाने में कितनी सुविधा हो सकती है।

एक बार श्री अवर्न 'खोखुन' पर्वत पर, जो १८,००० फुट ऊँचा है, गन्धक के चश्मों को देखने गये। वहाँ बड़ी गहराई में एक झील थी, जहाँ लम्बी-लम्बी अन्धेरी गुफाओं में होकर जाना पड़ता था। इन गुफाओं के बीच सौ-सौ फुट के हाल थे, जिनकी छतें काफी ऊँची थीं, पर प्रकाश का कहीं नाम नहीं। गुफा में घुसने पर उनके साथी ने एक घड़ियाल उठायी, जो करीब ९ इंच की गोलाई में थी और उसके साथ लकड़ी की एक छोटी मुँगरी बँधी हुई थी। घड़ियाल ताँबे की बनी हुई जान पड़ती थी, जो खूब चमक रही थी और उसके चारों ओर चाँदी के तार की एक बड़ी सुन्दर झालर लगी हुई थी। घड़ियाल पर मुँगरी गिरते ही शब्द के साथ ६ स्थानों पर हलके हरे रंग की रोशनी हो गयी। मिनट भर तक वह धीमी रही, फिर तो एक-एक स्थान पर ५०० मोमबत्तियों के बराबर का प्रकाश हो गया। बीस-बीस फुट की दूरी पर जमीन से ६ फुट की ऊँचाई पर दीवारों में लकड़ी की खूटियों के सहारे टँगी हुई किसी चीज से यह प्रकाश हो रहा था। अन्तिम रोशनी से आगे बढ़ने पर घड़ियाल पर फिर एक आवाज की गयी और आगे भी वैसा ही प्रकाश हो गया। अन्ततः जब वे झील के पास पहुँचे, जो १०० फुट लम्बी और ६० फुट चौड़ी थी, घड़ियाल पर दो बार आवाज की गयी और शब्द के साथ ही पचास स्थानों पर प्रकाश जगमगा उठा। देखने से पता लगा कि यह प्रकाश ४ इंच के एक चमकीले पत्थर के टुकड़े से हो रहा था, जो ताँबे की सी किसी भूरी रंग की धातु की आध इंच मोटी और एक फुट गोल थाली में जड़ा हुआ था। यह ताँबे के तार से लकड़ी के खम्भे पर टँगा हुआ था। पूछने पर उन्हें यह बतलाया गया कि घड़ियाल का शब्द थाली में प्रवेश करता है, जिससे वायु में स्पन्दनशक्ति उत्पन्न होती है और उससे चमकीले पत्थर में प्रकाश प्रकट होता है। स्पन्दनशक्ति के बलानुसार प्रकाश घटता बढ़ता रहता है। यदि घड़ियाल किसी धातु की मुँगरी से बजाया जाय तो प्रकाश इतना तीव्र होगा कि आँख बिना किसी मोटे पर्दे के उसे सहन न कर सकेगी। इतने पर भी न तो पत्थर में और न थाली में गर्मी का लेशमात्र जान पड़ता था।

लामा लोग प्रायः दीर्घजीवी होते हैं। दूर ही से घटनाओं को जान लेने, रोगों को मनःशक्ति के प्रभाव से अच्छा कर देने, अत्यन्त शीत में भी रह सकने आदि के रहस्यों का इन्हें ज्ञान है। श्री अवर्न ने अपने निजी अनुभव से जिन्हें ठीक पाया है, उन्हीं का अपने लेख में वर्णन किया है। आपका कहना है कि विज्ञान इनके अनुसन्धान से बहुत कुछ लाभ उठा सकता है। इन रहस्यों को जान लेने से वैज्ञानिक साधनों पर जितना खर्च हो रहा है, वह घटाया जा सकता है और वे सर्वसुलभ भी बनाये जा सकते हैं। इसमें सन्देह नहीं कि प्राचीन भौतिक विज्ञान भी आधुनिक विज्ञान से कुछ कम आश्चर्यजनक न था। परन्तु आजकल के वैज्ञानिकों ने उसे टोना-टामर ही समझ कर रद्दी की टोकरी में फेंक रखा है। यह बात अवश्य है कि भौतिक विज्ञान के साथ-साथ उन दिनों योग तथा तन्त्रसिद्धि भी चलती थी, परन्तु अब इसकी भी उपेक्षा नहीं की जा सकती। धीरे धीरे वैज्ञानिकों को भी इसकी सत्यता समझ में आ रही है। यदि थोड़ी देर के लिए इसको न भी माना जाय, तो भी भौतिक दृष्टि से भी प्राचीन विद्याओं के अध्ययन से आज भी बहुत कुछ लाभ उठाया जा सकता है। दो-तीन वर्ष हुए लंका के 'मेडिकल कालेज' के अध्यापक डाक्टर फर्नेण्डने वहाँ की पत्रिका में लिखा था कि कुछ दिन पहले तक यूरोपीय विद्वान् प्राचीन भारत के विज्ञान तथा

चिकित्साशास्त्र की हँसी उड़ाया करते थे, पर अब अध्ययन से पता चलता है कि वह इनमें कितना आगे बढ़ा हुआ था। बौद्ध साहित्य में जीवक नाम के एक वैद्य का उल्लेख मिलता है, जिसने स्वयं बुद्ध भगवान् की चिकित्सा की थी। उसे एक ऐसी लकड़ी का पता था, जिसका शरीर से स्पर्श होते ही उसके भीतर के सब अंग बाहर से दिखलायी पड़ने लगते थे। इसके द्वारा वह शरीर की भीतरी दशा जानकर चिकित्सा या चीरफाड़ किया करता था। ईसा के ६०० वर्ष पूर्व क्या वह एक प्रकार के 'ऐक्सेरे' का प्रमाण नहीं है। कहा जा सकता है कि इन विद्याओं को गुप्त रखकर इनके जानकारों ने स्वयं ही इन्हें नष्ट कर दिया। परन्तु इस सम्बन्ध में एक बात ध्यान रखने योग्य है। केवल अधिकारी को ही किसी विद्या का ज्ञान देना, यह सर्वत्र प्राचीन नियम था, जिससे उसका दुरुपयोग न हो। दूसरी बात यह थी कि इन विद्याओं का उपयोग लोकसेवा में ही किया जाता था, उनसे निजी स्वार्थ की सिद्धि करना पाप समझा जाता था। आज भी साधु महात्मा लोगों को औषधों के चुटकुले बतला देते हैं, पर यह शर्त कर लेते हैं कि उनसे धन न कमाया जाय। यदि ऐसा किया जायगा तो वे निष्फल हो जायँगे। बड़े-बड़े वैज्ञानिक आविष्कार भी गुप्त ही रखे जाते हैं, उनके 'पेटेण्ट' लिये जाते हैं, पर उससे कमाया जाता है अतुल धन, और किया जाता है नरसंहार। इसको देखते हुए तो यह मानना पड़ेगा कि ऐसे साधनों को गुप्त रखने में प्राचीनों ने अपनी बुद्धिमत्ता तथा दूरदर्शिता का ही परिचय दिया था। यदि लोकहित की दृष्टि से अपना गर्व छोड़कर नम्रता के साथ आधुनिक विज्ञान इस ओर अनुसन्धान में लगे, तो वह बहुत कुछ सीख सकता है।

विदेशों में भारतीय योग के प्रति आकर्षण के कारण

[शास्त्रार्थ महारथी श्री पं० माधवाचार्य शास्त्री]

भारतीय आर्षवाङ्मय के अनुसार सृष्टि का आदिस्थल भारतवर्षान्तर्वर्ती 'ब्रह्मावर्त' नामक क्षेत्र है। आदि सम्राट् स्वायम्भुव मनु के पुत्र-पौत्र-प्रपौत्र आदि क्षत्रिय वीर ही सप्तद्वीपा वसुमती के राजा हुए, यह सर्ववादिसम्मत तथ्य है। समय चक्र की वक्रगति से वहुकालानन्तर भारतवर्ष से उनका सम्पर्क उत्तरोत्तर क्षीण होता गया, तव मनु की 'शनकैस्तु क्रियालोपात्' आदि प्रसिद्ध घोषणा के अनुसार उनमें वृषलता व्याप्त हो गई। दुर्दैव वश भारत में जव चक्रवर्ती शासन के अभाव में विघटित खण्ड-खण्ड रजवाड़ों का युग आया तो द्वीपान्तर का यातायात उन वृषलों के अधिकार में आ जाने से खान-पान की असुविधा के कारण वर्णाश्रमियों का आवागमन सर्वथा निरुद्ध हो गया। इस प्रकार भारत मूल के ही निवासी वे वृषल अपनी समस्त सांस्कृतिक परम्पराओं को भूल कर कुछ के कुछ वन गए।

दो शती पूर्व भारत में अंग्रेजों का राज्य स्थापित हो जाने पर विदेशियों का सम्पर्क पुनः प्रारम्भ हुआ। भारतीय भी आधुनिक कला-कौशल सीखने के लिये, व्यापार के सम्वन्ध से तथा प्रीवी-काउन्सिल तक पहुँचने वाले मुकद्दमों के सिलसिले में विलायत आने जाने लगे। वहुत से वहाँ वस ही गए। लाखों भारतीयों को अंग्रेज शासक कुली वना कर वहाँ ले गए। इस प्रकार सौ-सवा सौ वर्षों के अन्दर ही विदेशों में इन नवागत भारतीयों की अन्यून आठ अंकों में लिखी जा सकने वाली संख्या हो गई। उपनिवेश समाप्ति के इस युग में वहुमत के कारण कई स्थानों में भारतीयों की सरकारें वन गईं। स्वामी विवेकानन्द और स्वामी-रामतीर्थ का संयोगवश एक धार्मिक प्रचारक के रूप में वहाँ जाना वना, यद्यपि ये दोनों ही महानुभाव योग के साधिकार वक्ता और ज्ञाता तो न थे, तथापि 'खग जाने खग ही की भाषा' के अनुसार अंग्रेजी भाषा के माध्यम से उक्त विषयों की चर्चा करने में समर्थ थे।

विदेशी लोग इनकी वक्तृता और मस्तमौला वृत्ति से वहुत प्रभावित हुए। जो अमेरिकन आदि धनी मानी वड़े-वड़े लैण्ड-लार्ड होते हुए भी वेचैन थे, वे इन अपरिग्रही, अकिञ्चन सन्तों की फाकामस्ती पर लट्टू हो गए। फिर तो वे लोग भारत में अरविन्द आश्रम, शिवानन्द आश्रम और रामकृष्णमिशन आदि के सम्पर्क में आने लगे। आधुनिक पद्धति के अनुसार कुछ साधना भी करने लगे। मनोनिग्रह की दिशा में ज्यों-ज्यों वे कुछ आगे वढ़ने लगे, त्यों-त्यों आनन्दानुभूति भी होनी स्वाभाविक थी। इस प्रकार सहस्राब्दियों से प्रसुप्त उनकी हिन्दू-आत्माएँ पुनः जागृत होने लगीं। यद्यपि ये सव विदेशी शिष्य और उनके प्रशिक्षक भारतीय गुरुजन अभी तक वास्तविक योग विद्या की छाया तक भी प्राप्त नहीं कर सके हैं, तथापि 'भूखे को गूलर पकवान' कहावत के अनुसार उनके लिये तो इतना ही वहुत था। इस समय दशा वड़ी ही विचित्र सी चल रही है। कुछ अनधिकारी लोग विदेशों में पहुँच कर योग के नाम पर भोले भाले भावुकों को ठग रहे हैं। योग को वदनाम कर रहे हैं। इसलिये आवश्यक है कि कुछ सधे हुए वास्तविक योगी विदेशों में पहुँच कर इस विद्या को वदनाम होने से वचाएँ।

सही अर्थों में सर्व प्रथम भारतीय स्वामी श्री भारतीकृष्णतीर्थ (पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य) महाराज ही ऐसे व्यक्ति विलायत पहुँचे जो योग और वेदान्त के अधिकारी विद्वान् होने के साथ-साथ अंग्रेजी के भी प्रौढ़ वक्ता थे। उन्होंने विदेशियों को भारतीय योग के प्रति वहुत आकृष्ट किया। सम्प्रति शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अभिनव सच्चिदानन्द तीर्थ महाराज की प्रेरणा से उनकी विदुषी शिष्या श्रीमती दया माता विदेशों में अनेक सत्संग चला रही हैं। जिनमें साधक सहज योग का अभ्यास करके कृतार्थ हो रहे हैं।

श्री स्वामी भक्तिवेदान्त महाराज के प्रयत्नों से भी अनेक विदेशी इस ओर उन्मुख हुए हैं। अष्टाङ्गयोग और हठयोग की दुरूह क्रियाओं के तो न वे अधिकारी हैं और न ही उनकी इसमें अभिरुचि है, किन्तु सरस सरल अनन्य भक्तियोग ही प्रायः वहाँ अधिक सफल हो रहा है। श्री प्रेमाचार्य शास्त्री द्वारा की गई श्रीमद्भागवत की कथा से वे इतने प्रभावित हुये हैं कि उनके अत्याग्रह पर अव तीसरी वार उन्हें वहाँ जाना पड़ा है। टेलीविजन द्वारा कथा प्रसारित करने का प्रवन्ध किया गया है। अनेक श्रोता पयोव्रती रहकर सप्ताह श्रवण करते हैं।

योग और तन्त्र

[स्वामी श्री नन्दनन्दनानन्द सरस्वती]

योगतन्त्राब्धिहंसाय षोडशीसंविदात्मने
षोडषानन्दनाथाय श्रीमत्करपात्रिणे नमः
मही मूलाधारे कमपि मणिपूरे हुतवहं
स्थितं स्वाधिष्ठाने हृदि मरुतमाकाशमुपरि
मनोऽपि भ्रूमध्ये सकलमपि भित्वा कुलपथं
सहस्रारे पद्मे सह रहसि पत्या विहरसे

संस्कृत भाषा में 'युज्' धातु से 'योग' शब्द की निष्पत्ति है। जीवात्म-परमात्म-मेलन इसका सार है।

योग दर्शन के प्रवर्तक भगवान् पतञ्जलि के अनुसार चित्त वृत्तियों का निरोध ही योग है। योग, हठयोग, राजयोग इसी अर्थ में प्रसिद्ध हैं। स्वर्गीय डाक्टर एनीबेसेन्ट, मैडम ब्लैवेत्सकी, जान वुडरफ आदि के द्वारा भारत और पाश्चात्य जगत् में क्लेयर वायन्स, टेलीपैथी आदि मानस शक्तियों के नियन्त्रण के द्वारा मानस सन्देश प्रेषण, हिप्नोटिज्म द्वारा मनो नियन्त्रण आदि के रूप में विख्यात हुआ। 'योगी' के नाम से विदेशों में भ्रमण करने वाले कुछ महानुभावों ने हठयोग की कतिपय आसन, मुद्रा आदि क्रियाओं का प्रदर्शन, योग संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण और चिकित्सा आदि का भी प्रसार किया है। किन्तु यह सब योग का वाह्य रूप होने पर भी इतना मात्र ही योग नहीं है। हठयोग स्वयं सूर्यचन्द्राख्य प्राण और अपान का नियमन है——

हकारः कीर्तितः सूर्यष्ठकारश्चन्द्र उच्यते ,
सूर्याचन्द्रमसोर्योगाद् हठयोगो निगद्यते ।

हकार ठकार रूप सूर्य चन्द्र अर्थात पिंगला तथा इडा से प्रवाहित श्वास प्रश्वासों के नियन्त्रण अर्थात् प्राणायाम द्वारा प्राण नियन्त्रण से प्राप्त योग ही हठयोग कहा जाता है। यह स्वयं अन्तिम उद्देश्य न होकर योगों में राजा के समान देदीप्यमान, सर्वचित्तवृत्तिनिरोधलक्षण, असंप्रज्ञात योग में परिणत राजयोग प्राप्ति की उत्तम सीढ़ी है। अतः हठ विद्या का मुख्य फल राजयोग ही है। यह राजयोग कैवल्य प्राप्ति का अन्तिम उपाय है। इस कैवल्यापादक योग की गोपनीयता पर योगाचार्यों ने पूरा वल दिया है——

"हठविद्या परं गोप्या योगिना सिद्धिमिच्छता
भवेद्वीर्यवती गुप्ता निर्वीर्यातु प्रकाशिता

विज्ञापनों के प्रचार एवं डिण्डिम घोषों से ख्याति तो अवश्य प्राप्त हो सकती है किन्तु योग सिद्धि कदापि नहीं मिल सकती।

योग के आठ अङ्गों में यम और नियम तो योग विद्या के अधिकारी के आधारभूत अङ्ग हैं।

"आसनेन रजो हन्ति" इस उक्ति के अनुसार शरीर के वात, पित्त, कफ आदि दोषों की निवृत्ति, स्थौल्य मज्जादि दोष निवृत्ति तथा मुद्रादि द्वारा प्राणजय में सहायता प्राप्त

होती है। प्राण जय के विना मनो जय संभव नहीं, अतः प्राणायाम के विविध प्रकार प्राणजय के उद्देश्य से ही विहित हैं।

आसन, प्राण, जप, मुद्रा आदि से यद्यपि शरीर के गुरुत्व रूप तमोगुण की निवृत्तिपूर्वक लघुत्वापादन द्वारा रोग निवृत्ति भी योग का एक विशिष्ट फल है और इसीसे प्रलुब्ध होकर आजकल प्रायः लोग इसमें प्रवृत्त होते हैं, परन्तु यह योग का मुख्य उद्देश्य न होकर केवल प्रथम सीढ़ी है। इसके अनन्तर आने वाले अङ्ग भी यद्यपि अणिमा, महिमा, ईशित्व, वशित्व आदि सिद्धियों से युक्त होने के कारण रोग निवृत्ति आदि से भी अधिक आकर्षण के विषय हैं, परन्तु वे भी योग सिद्धि के उद्देश्य न होकर केवल अन्तराय मात्र हैं।

इनसे भी अधिक चमत्कारपूर्ण अङ्ग विन्दुनादानुसन्धान और कुण्डलिनी प्रवोध है। प्राणायाम ही निरन्तर अभ्यास से धारणा, ध्यान आदि में परिणत होता है, इसी से कुण्डलिनी प्रवोध मनोजय आदि दुर्लभ सिद्धियों की उपलब्धि सम्भव होती है। प्राण का चन्द्र सूर्य मार्गों में विचरना ही काल के उदर में जीव का निवास है। अतः इडा पिंगला से हटकर सुषुम्नवाही होने पर प्राण का कुण्डलिनी वोध संभव है और तभी योगी विन्दुरोधिनी, नाद नादान्त शक्ति व्यापिका आदि स्तर पार कर समना. तदनन्तर उन्मनी अवस्था को प्राप्त होता है। इसी के समनन्तर महाविन्दु है जहाँ समस्त परिच्छेद शून्य हो 'महाविन्दु' प्रवेश के साथ अनन्त में विलीन हो जाता है। यही खेचरी मुद्रा है, जहाँ साधक "खं ब्रह्म" का दहराकाश में ही अनुभव करता है। वह कालगति के नियन्त्रण से वाहर हो जाता है। समस्त संसार मनोदृश्य है, मन के विलय के साथ ही समस्त द्वैत प्रपंच का विलय है, और तब—

"कैवल्यमवशिष्यते"।

इसलिए योगी सषुम्ना मध्यवर्तिनी कुण्डलिनी को ही महाशक्ति मानता है और उसीके द्वारा सम्पादित अमृत-वर्षण से कृतकृत्य हो जाता है।

कुण्डलिनी और नादानुसन्धान से सुसिद्ध योगी समस्त अवस्थाओं से विनिर्मुक्त निरञ्जन तत्त्व में विलीन होकर मुक्त कहा जाता है—

खाद्यते न च कालेन
वाध्यते न च कर्मणा
साध्यते न स केनापि
योगी युक्तः समाधिना

"ततः क्लेशकर्मनिवृत्तिः"—इस योग सूत्र के अनुसार शुभाशुभ कर्मों के बन्धन से विनिर्मुक्त योगी मृत्यु का भक्ष्य नही रहता और न ही मन्त्र तन्त्र आदि का ही उस पर कोई प्रभाव होता है। वह कालवञ्चक योगी ब्रह्माण्ड में यथेच्छ विचरण कर अशेष जगत् का कल्याण सम्पादन करता है।

तन्त्रशास्त्र अथाह सागर है—

चतुःषष्ट्या तन्त्रैः सकलमतिसन्धाय भुवनं
स्थितस्तत्तत्सिद्धं प्रसवपरतन्त्रैः पशुपतिः
पुनस्त्वन्निर्बन्धादखिलमतिसन्धाय भुवनं
स्वतन्त्रं ते तन्त्रं क्षितितलमवातीतरदिदम्

चौसठ तन्त्रों के अनन्तर निखिल पुरुषार्थ सम्पादन में स्वतन्त्र त्रैपुरतन्त्र (किन्हीं के अनुसार "**नित्याषोडशिकार्णव,**" दूसरों के अनुसार "**वामकेश्वरयोगिनी हृदय**") का प्रादुर्भाव हुआ। इस तन्त्र महासिन्धु में अखिल पुरुपार्थ प्राप्ति का मार्ग मुख्यतया "कुण्डलिनी प्रवोध" तथा "सुविन्दु नादानु-सन्धान" ही है। वह्वृचोपनिषत्, भावनोपनिषत्, सुन्दरी तापिनी आदि उपनिषदों में इसी परम तत्त्व प्राप्ति का सार वर्णित है। ब्रह्माण्डादि पुराणों में भी यत्र तत्र इस तत्त्व का वर्णन है।

दार्शनिक आधार भूमि के रूप में मानव जीवन के चार पुरुषार्थों में प्रथम तीन मुक्ति के साधन गौण पुरुषार्थ हैं। मुख्य पुरुषार्थ अनन्त आनन्द रूप मोक्ष ही है। किन्तु तन्त्र के उपासकों, विशेषकर त्रिपुरा उपासकों के लिए चारों पुरुषार्थ हस्तगतामलकवत् सुलभ हैं। एक मस्ताना उपासक जागदीश्वरी भक्ति के आनन्द में विभोर, उन्माद में गान करता है—

याचे न कञ्चन न कञ्चन वञ्चयामि
सेवे न कञ्चन निरस्तसमस्तदैन्यः
श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीः
देवी हृदि स्फुरति मे कुलकामधेनुः

आशय है—किसी से न माँगूं भीख, ना किसी को धोखा दूं
न करूँ मैं चाकरी, नहीं दीनता का स्वांग भरूँ

आनन्द से रहना, मधुर स्वादिष्ट खाना और सुन्दरी सुखोपभोग का जीवन, केवल हृत्कमल में प्रदीप्तिमती जगदीश्वरी कुलकामधेनु का स्मरण, यही इस अद्वितीय अलौकिक आनन्द का कारण है।

चराचरात्मक समस्त विश्व प्रपंच शिव शक्ति समायोग का ही परिणाम है। अनन्त अनन्त ब्रह्माण्डात्मक प्रपञ्च का एकमात्र आधार कूटस्थ आनन्द अथवा ब्रह्म है। वही शिवपद वाच्य है, उसी में इदन्तायुक्त अहन्ता का स्फुरण प्रथम विमर्श है। इसी प्रकाशात्मा शिवतत्त्व के आनन्द तत्त्व की अभिव्यक्ति रूपा पराहन्ता, विमर्श शक्ति, परा, ललिता, त्रिपुर सुन्दरी, भट्टारिका आदि नामों से व्यवहृत है। कूटस्थ चित् तत्त्व का—'इच्छामि', 'जानामि', 'करोमि', रूप में अहन्तत्त्व का प्रादुर्भाव ही शिवप्रकाश तत्त्व कहा गया है—

"अस्फुटस्य स्फुटीकारः प्रकाशः"।

यही शुक्ल श्वेत विन्दु है। इस अहन्ता के साथ 'इदंजानामि, इच्छामि, करोमि' आदि रूपों में स्फुटीभाव विमर्श है—

"विमृश्यते परामृश्यत इदमिति विमर्शः प्रपञ्चः।
इदमित्येव हि परनात्मना सृष्टस्य जगतःप्रसिद्धःपरामर्शः"

इस प्रकार प्रकाशात्मा श्वेत विन्दु रूप शिवतत्त्व का विमर्शात्मा रक्त विन्दु शक्ति तत्त्व के साथ सम्भेद रूप सामरस्य प्राप्ति ही कामकला विश्वाकार प्रपञ्च अथवा विश्व की सृष्टि, स्थिति, संहृति तथा तीनों में सम्पुटित तीनों के रूप में स्फुरण विमर्श शक्ति का प्रसार है। शाक्त सिद्धान्त के अनुसार परब्रह्म रूप परमशिवतत्त्व की वास्तविक अर्थवत्ता इसी विमर्श शक्ति के प्रस्पन्द से है। भगवान् शंकराचार्य के अनुसार भगवान् शिव शक्ति से युक्त होकर ही प्रस्पन्दन में समर्थ होते हैं और तभी विश्वाकार में उनका प्रभव संभव होता है। प्रत्यभिज्ञाकार 'विमर्श' को प्रकाशात्मा शिव का स्वभाव ही मानते हैं।

स्वभावमवभासस्य विमर्शं विदुरन्यथा
प्रकाशोऽर्थोपरक्तोऽपि स्फटिकादिजडोपमः

प्रकाश रूप शिव भी शक्ति विमर्श के विना स्फटिकादि जड़ के समान होगा।

शिवोऽपि शवतां याति कुण्डलिन्या विवर्जितः
शक्तिहीनो हि यः कश्चिदसमर्थः स्मृतो बुधैः

यहाँ शिवशक्ति समायोग में कुण्डलिनी को ही शक्ति माना है। स्पन्द का अर्थ यहाँ छत्तीस तत्त्वों में व्याप्त प्रपञ्च रूप में प्राकट्य ही है। वस्तुतः यही स्पन्द शक्ति आभास रूप से सम्पूर्ण विश्व में क्रीडा करती है, शिव तत्त्व में किसी प्रकार का विकार नहीं आता। वास्तव में न कहीं उदय और न कहीं अस्त है, न उत्पत्ति और न विनाश, केवल परमात्मा सच्चिदानन्द, परब्रह्म, सदाशिव की स्पन्द शक्ति ही उदय और अस्त होती-सी दीखती है। इसी को 'वृहदारण्यक' ने—'ध्यायतीव, लेलायतीव', कहा है। उपासक इसी स्पन्दशक्तिरूप कुण्डलिनी की आराधना करते हैं।

कमलनालान्तर्गत तन्तु से भी सूक्ष्मतर विद्युत्पुञ्ज के समान प्रकाशमयी, दशसहस्र सूर्यों के समान तेजोमयी, तथापि शताधिकसुधाकरशीतलामृत निष्यन्दिनी परासंविद्रूपिणी, प्रसुप्ता भुजंगी के समान कुण्डलिनी का ध्यान करना होता है मूलाधारस्थ भूतत्त्व में। पुनः ध्यान निर्मन्थनाभ्यास और प्राणायाम के द्वारा स्वाधिष्ठानवर्ती अग्नि शिखा के द्वारा उद्भूत धूम से व्याकुलित भुजगीभयङ्कर-फूत्कार पुरस्सर जीव शिव को मुख में लेकर ब्रह्म ग्रन्थि भेदानन्तर मणिपूर चक्र में व्याप्त शीतल जल ह्रद में अवगाहन करती, मणियों से क्रीडा करती, पुनः विष्णु ग्रन्थि का भेदन कर अनाहत चक्र में मरुत्तत्त्व का सेवन करती है। पुनः विशुद्धि चक्र में अनाहत के द्वादशार तथा मूलाधारादि चतुश्चक्र समष्टि रूप षोडशार में आकाश तत्त्व का अनुभव कर, भ्रूमध्य आज्ञा चक्र में समना होकर परतत्त्व रूप पूर्णचन्द्र का ईषत् ज्ञान प्राप्त करती है। यहीं आज्ञाचक्र पर्यन्त मन की गति है। उपासक की अर्चा भी यहीं तक है। इसके आगे महत् अन्तःपुर है जहाँ प्रिया प्रियतम का सामरस्य है। वहाँ द्रष्टा भिन्न हो नहीं सकता, अतः पूजा का निषेध है। इसी तत्त्व को उपनिषत् ने "अतिच्छन्द' 'अपहत पाप्मा' शब्दों से कहा है।

जहाँ—**तद्यथा प्रियया स्त्रिया संपरिष्वक्तो न बाह्यं किञ्चन वेद नान्तरम्।** यहाँ उपासक और उपास्य दो रहे ही नहीं। परस्परानुश्लिष्ट भी नहीं, केवल समरसी भाव में ओतप्रोत। अनाहत से आज्ञापर्यन्त ही आचार्य नादानुसन्धान की महिमा—

"दृश्यते तव मुखाम्बुजं शिवे
श्रूयते स्फुटमनाहतध्वनिः"

में मुखकमल दर्शन और अनाहत नाद का श्रवण करते हैं। परन्तु आज्ञाचक्र में उपयोगी रसिक बन गया। यहाँ–

"यथा नदीनां बहवोऽम्बुवेगा
समुद्रमेवाभिमुखा द्रवन्ति"

और "यथा प्रदीप्तं ज्वलनं पतङ्गाः।"

नदी और पतङ्ग के समान साधक भी वेग को रोकने में असमर्थ हो स्वयं रससारसर्वस्वमहासिन्धु में आमूल-चूल सान्तरबाह्य सर्वात्मना तल्लीन हो जाता है। यह विलय समस्त मृत्युचक्रों से अतीत अनाद्यनन्त परमानन्द कैवल्य ही है, जिसे श्रुति ने––

"तद्विष्णोः परमं पदं
सदा पश्यन्ति सूरयः"

और जिसे आचार्य ने––

"चिरञ्जीवन्नेव क्षपितपशुपाशव्यतिकरः
परानन्दाभिख्यं रसयति रसं त्वद्भजनवान्"

कहा है। पशु और पाश का बन्धन कट जाने से पशु रहा ही नहीं, प्रत्युत पशुपति हो गया। कल तक का रसिक अब परानन्दाभिख्य रससिन्धु में "पिवत भागवतं रसमालयम्", अब लय, महालय, प्रलय, महाप्रलय आदि की सारी अवस्थाओं से अतीत––"रसो वै सः" हो गया। अब योग और तन्त्र का विस्तार चरम लक्ष्य में लीन हो गया। महाशक्ति अब––

"सह रहसि पत्या विहरसे" के अनुसार परब्रह्म महिषी अपने प्राण सर्वस्व परिपूर्ण रसमहासिन्धु में पूर्णतया विलीन हुई तो कोई चिल्लाया––"जिज्ञासुरपि योगस्य शब्द ब्रह्मातिवर्तते–– ।

—o—

साक्षात्कार

[द्वारा–शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी]

[देश में हो रहे योग सम्बन्धी क्रियाकलापों पर चोटी के दार्शनिक, वैज्ञानिक, प्रशासक प्रभृति महानुभावों के विचारों से 'योगांक' के पाठकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य उनके समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक प्रश्नावली हमने तैयार की थी। हर्ष है कि हमारा यह विचार भी सुचारु रीति से सम्पन्न हुआ। स्वयं परमपूज्य स्वामीजी महाराज ने इस प्रश्नावली के उत्तर दिये। श्रीमान् पंडित हजारीप्रसाद द्विवेदीजी, प्रोफेसर श्री अनन्तरामन्, डाक्टर श्री के. एन. उडुप्पा, श्रीमान् कालीशंकरजी त्रिपाठी श्री रघुनाथ सिंहजी श्री रमेशअग्रवाल तथा श्री प्रियानाथ पाण्डेय, इन महानुभावों का इन प्रश्नों पर साक्षात्कार प्राप्त करने से और उनका उत्तर प्राप्त होने से इस 'योगांक' का महत्व बहुत बढ़ गया है। साक्षात्कारों का विवरण प्रश्नों के साथ इस प्रकार है।]

पूज्यपाद स्वामी करपात्री जी महाराज

प्रश्न––योग शिक्षा के प्रत्यक्ष लाभ क्या है ?

पूज्य स्वामीजी––सुख शान्ति की उपलब्धि। योग चित्त वृत्तियों का निरोध है। चित्त वृत्तियों का बाहुल्य अशान्ति, कष्ट, दुःख, क्लेश का जनक है, चित्त वृत्तियों का निरोध सुख शान्ति की कुंजी है। वही योग है। चित्त के निरोध से चित्त की एकाग्रता होती है, उससे तत्काल स्वास्थ्य लाभ भी होता है। चित्त की एकाग्रता के बिगड़ जाने से बड़े-बड़े उत्पात होते हैं, मन निरर्गल हो जाता है शरीर विश्रृंखलित हो जाता है। आयुर्वेद के पास भी ऐसी बीमारियों के इलाज नहीं होते। 'हवल दिल' जैसी बीमारियों में छोटी छोटी वस्तुएँ पहाड़ जैसी दिखाई देने लगती हैं। ऐसे भीषण मानसिक रोगों के सामने आने पर केवल दवा देने वाले चिकित्सक भाग खड़े होते हैं। परन्तु आध्यात्मिक चिकित्सकों के पास इसकी भी चिकित्सा है, वह योग के द्वारा होती है। ऐसे हजारों दृष्टान्त हैं जो योग चिकित्सा से रोग ठीक करने की बात समझने में उपयोगी होते हैं।

प्रश्न––क्या योग में रुचि रखने वालों को ईश्वर पर विश्वास लाना आवश्यक है ?

पूज्य स्वामीजी––यद्यपि ईश्वर को न मानने वाले बौद्ध और जैन समुदाय में भी योग मान्य है, उसका फल भी उन्हें मिला है, परन्तु योग का प्रमुख फल जो शुद्ध समाधि है वह ईश्वर प्रणिधान के बिना संभव नहीं। अतः ईश्वर योग का प्राण है।

प्रश्न––क्या योग से जीवन दृष्टि में परिवर्तन आता है ?

पूज्य स्वामीजी––सर्वथा परिवर्तन आता है। सांगयोगानुष्ठान के पहिले दिन से ही परिवर्तन आता है। योग से केवल अपने में ही परिवर्तन आता तो कोई बहुत बड़ी बात न होती, परन्तु योग से योगी सारे संसार की जीवन दृष्टि ही नहीं जीवन व्यवहारों को सात्विकता में पिरो देने की शक्ति अर्जित करता है। पुराणों, रामायण, महाभारत, तथा काव्य नाटक आदि सारे वांङ्मय में ऐसे अहिंसा सिद्ध ऋषियों के आश्रमों के वर्णनों की भरमार है जहाँ न केवल मनुष्यों की जीवन दृष्टि या व्यवहारों में ही परिवर्तन हुआ, अपितु, परस्पर नित्य वैर रखने वाले उग्र जन्तुओं की प्रकृति भी सौम्यता में बदल गई। यह केवल अहिंसा नामक योगांग से जीवन दृष्टि के परिवर्तन की बात है। इसी प्रकार सत्य से परिवर्तन की बात समझ लो। सत्य का

अभ्यास करने पर जो बोलोगे वही होता चला जायगा। अस्तेय के अभ्यास से 'सर्वरत्नोपस्थान' होगा। समस्त रत्न उपस्थित हो जायंगे। ब्रह्मचर्याभ्यास से अखण्ड बल लाभ होगा, आसन से रजो हनन होगा, रजोगुण के विकार दूर रहेंगे। प्राणायाम से पातकों का शमन होगा। इस प्रकार सभी योगांग और उपांगों के अभ्यास से जीवन दृष्टि में प्रथम दिन से पूर्ण परिवर्तन का प्रारंभ होने लगता है।

प्रश्न—योग को आप भारत की ही देन मानते हैं। या आपकी दृष्टि में योग पर भी विदेशी प्रभाव है।

पूज्य स्वामीजी—योग शुद्ध भारतीय है, सारा विश्व-इससे प्रभावित हुआ है।

प्रश्न—दैनिक जीवन में योग को अपनाना क्या पुरातन सन्ध्यावन्दनादि से गतार्थ नहीं है।

पूज्य स्वामीजी—वह बहुत थोड़ा योगाभ्यास है जो सन्ध्या में आता है। परन्तु सन्ध्या की उपासना यदि बढ़ा दी जाय तो फिर पृथक् योगाभ्यास की आवश्यकता नहीं रह जाती। **"ऋषयो दीर्घसन्ध्यत्वात्-दीर्घमायुरवाप्नुयुः"**—यह उक्ति सुप्रसिद्ध है। सन्ध्या शब्द का अर्थ ही है 'सम्यक् ध्यान'। उससे एकाग्रता बढ़ती जाती है।

प्रश्न—क्या योग प्रशिक्षण में यन्त्रों का प्रयोग होता है?

पूज्य स्वामीजी—योग की उच्च भूमिकाओं में तथा शुद्धीकरण में, हठयोग के अनुष्ठान, नेती धोती, वज्रोली, आदि में यन्त्रों का प्रयोग होता है। ब्रह्मदातुन का प्रयोग विख्यात ही है।

प्रश्न—योग पर बढ़ती हुई प्राच्य पाश्चात्य चर्चाओं से क्या योग का प्रयोजन पूरा हो रहा है. क्या उसका रूप व्यावसायिक हो रहा है।

पूज्य स्वामीजी—योग का रूप इन चर्चाओं के द्वारा दिन प्रतिदिन व्यावसायिक तो बनाया ही जा रहा है। अपने बनावटी प्रभाव को बढ़ाने तथा धन संग्रह करने में योग का उपयोग योग की प्रतिष्ठा को गिराता है। गोस्वामी-जी ने जैसे कहा है—तथा अन्य ग्रन्थों में कलियुग के प्रभावों के चित्रण में जैसा चित्रित हुआ है, वैसा ही देखा जा रहा है। इस समय अनेक विचित्र विचित्र योगी, महायोगी प्रकट हो रहे हैं। अनधिकारियों के हाथ में जो भी कोई विद्या जाती है, उसका रूप तो व्यावसायिक हो ही जाता है। एकान्त में अनुष्ठान करने की विधियों का सार्वजनिक दिखावटी प्रदर्शन योग के महत्त्व को तो उतना नहीं प्रकाशित करता जितना अपने महत्त्व को प्रकाशित करता है। इससे योग का शतांश फल भी प्राप्त नहीं होता, जो अखण्ड सुख और शान्ति के रूप में शास्त्रों में वर्णित है।

आचार्य पंडित हजारीप्रसाद द्विवेदी

[आचार्य पंडित श्री हजारीप्रसाद द्विवेदी विगत दिनों में अस्वस्थ चल रहे थे। परन्तु हमें उन्होंने उत्तर दिये, उनका उत्तर अलग अलग प्रश्नों पर नहो कर पूरे योग पर ही है।]

शरीर में चार चंचल तत्त्व हैं और एक अचंचल तत्त्व है। मन, प्राण, शुक्र और वाक् चंचल तत्त्व हैं हमारे शरीरों में। इस स्वीकृति में मतमतान्तरों में कोई विरोध नहीं आता। अचंचल तत्त्व की बात आगे आयेगी। इन चार चंचल तत्त्वों को रोकना, इनका निरोध ही योग कहलाता है। इनमें वाक् तत्त्व का निरोध तो प्रथम सोपान होने के कारण तथा सरल होने के कारण सभी के लिए समान है। मौनी हो जाना पहिला योग है। अपने सामान्य दैनिक कृत्यों में भी कुछ काल के लिए हमें वाक् संयम करना होता है।

मन का निरोध या संयम राजयोग कहलाता है। हमारे आन्तरिक तत्त्वों में राजा अर्थात् प्रधान होने के कारण मन के निरोध की राजयोग संज्ञा समझ में आती है। प्राण तत्त्व का निरोध हठ योग के नाम से अभिहित हुआ है तथा शुक्र तत्त्व के निरोध को वज्र योग, वज्रोल, आदि शब्द दिये गये। वज्र का अर्थ है हीरा। शरीर में यह तत्त्व भी हीरे के समान भास्वरता प्रदान करता है इसीलिए इसे भी वज्र शब्द से अभिहित किया गया और इसके योग को वज्रयोग संज्ञा मिली। इस योग के द्वारा शुक्र का संचालन शरीर में ऊर्ध्व भाग की ओर करने का प्रयत्न होता है, इसीलिए इस योग के सिद्ध पुरुषों को ऊर्ध्वरेता कहा जाता है। वज्रोलिका नामक क्रिया में शुक्र और रज के मिश्रण को नाड़ी द्वारा ऊर्ध्व भाग में ले जाया जाता है। यह युगनद्ध भाव बौद्ध शैव आदि सम्प्रदायों में शब्द भेद से निरूपित है। शैवमत में इसकी 'सोम साधन' संज्ञा है। यही चार चंचल तत्त्व हैं जिनके निरोध की विभिन्न प्रक्रियाएं विभिन्न संप्रदायों में सहस्रों रूपों में विकसित हुई हैं। इनकी प्रक्रियाओं में अनेकानेक विभिन्नताएं मिलेंगी, परन्तु मूल बात एक है। इन चंचल चार तत्त्वों की निरोधात्मक योग प्रक्रिया की विशेषता यह है कि एक तत्त्व की स्थिरता सिद्ध कर लिए जाने पर बाकी के तत्त्व अपने आप स्थिरता को प्राप्त हो जाते हैं।

इन चार तत्त्वों के अनन्तर पाँचवाँ तत्त्व हमारे शरीर में कुण्डलिनी नामक शक्ति है, यह शक्ति पुंज (Total Energy) है। यह मानव मात्र के शरीर में मेरुदण्ड के नीचे अवस्थित है। परन्तु सभी शरीरों में इसकी अवस्था एक-सी नहीं है, कहीं यह पूर्ण जाग्रत अवस्था में है, कहीं अर्ध जाग्रत अवस्था में है, कहीं सुप्त तथा पूर्ण सुप्त अवस्थाओं में विद्यमान है। इस शक्तिपुंज रूप कुण्डलिनी का आकार सर्प के समान माना जाता है और पूर्ण जाग्रत अवस्था में इसकी गति भी सर्प गति के समान मानी गई है। इस शक्ति के अन्य भी अनेकों प्रतीक संकेतित हुए हैं। यह स्वयं ज्ञान शक्ति इच्छा शक्ति और क्रिया शक्ति का समग्र प्रतीक है। योगी की सफलता इस महाकुंडलिनी का पूर्ण जाग्रत अवस्था में अनुभव कर लेना ही होता है, उसके दर्शनोपरान्त मोक्ष की उपलब्धि असन्दिग्ध मानी गई है। अपने ही शरीर में नित्य संस्थित उस महाशक्ति का पता योग के द्वारा चलता है। इस योग मार्ग के उपदेष्टा पतञ्जलि स्वयं प्रतीक पुरुष हैं। जितनी भी क्रियात्मक विद्याएँ हैं वे सभी पतञ्जलि से अवश्य सम्बद्ध हैं। योग, व्याकरण, वैद्यक का प्रादुर्भाव व दृढ़ीकरण पतञ्जलि द्वारा हुआ। इसी प्रकार नन्दिकेश्वर दूसरे प्रतीक पुरुष रहे हैं। नारद का भी वही स्थान है।

चेतना या चित् तत्त्व के साथ पूर्ण योग होना जीवन की सफलता के लिए अनिवार्य है। चित् तत्त्व को 'रुचीनां वैचित्र्यात्" अनन्त नाम रूपों में स्वीकार किया गया है।

योग पर वैदेशिक प्रभाव भले ही थोड़ा बहुत रहा हो परन्तु योग पद्धति की साज-सज्जा भारत ने ही की है। उसे दैनिक जीवन में अनिवार्य स्थान दिया गया था।

बस, अब इतना ही।

महन्त स्वर्गीय श्री बांकेरामजी मिश्र का योगमय जीवन

(श्रीरमेश अग्रवाल)

प्रश्न—कृपया आप अपने गुरुदेव स्वर्गीय महन्त श्री बांकेराम मिश्र जी की योगाभ्यास की प्रक्रिया पर कुछ प्रकाश डालने का कष्ट करें।

उत्तर—मेरे पूज्य प्रातः स्मरणीय गुरुदेव स्वर्गीय अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदासजी के महन्त श्री बांकेराम मिश्रजी योग विद्या के बड़े अच्छे जानकार थे। मैं बचपन से ही उनके पास जाता था। प्रायः १० वर्ष मैंने उनका सान्निध्य प्राप्त किया, ३ वर्ष विशेष शिक्षा मैंने उनसे ग्रहण की योग की। यौगिक क्रियाओं के चलाते रहने के साथ ही उनपर कार्य भार बहुत अधिक बढ़ गया, जिससे अन्त के दिनों में उनके मन पर आघात हुआ। यह उन्हीं का कहना था कि योगाभ्यास के समय आने वाले चित्त विक्षेपों से बड़ा विपरीत प्रभाव पड़ता है। उनके ही एक साथी कई घण्टे तक श्वास रोक रखने में समर्थ हो चुके थे। एक बार इसी अवस्था में उन्हें किसी ने झकझोर दिया और हड़बड़ी में वायु के प्रचण्ड आघात से उनकी सुनने की शक्ति जाती रही। वे अभी भी विद्यमान हैं। उन्होंने अनेक गुरुओं से शिक्षा ली थी, जिनमें स्व० श्री विजयानन्दजी त्रिपाठी, ब्रह्मलीन श्री स्वामी वीतरागानन्द जी आदि प्रमुख थे।

वे बातचीत बहुत कम करते थे और घर से भी बहुत कम संपर्क रखते थे। अधिक बोलने वाले क्रिया वाले नहीं होते। स्वर्गीय महन्तजी ४-५ घण्टे तक समाधि में रहने लगे थे। उनका कहना था कि समाधि का पूर्ण आनन्द तो सब कामों से छुट्टी पाने के बाद ही आ सकता है। उनके सान्निध्य में मैंने जाना कि वायुदेव की अराधना ही योग है। योगमार्ग के पथिक का इष्ट, गुरु, प्रभु सब कुछ वायु ही है। यही गुरुदेव के द्वारा बताया जाता था। वे बतलाते थे कि वायु सबके पास है, परन्तु उसका उद्भव कहाँ है और उसकी गति किस प्रकार है यह देखने पर बड़ा-बड़ा तमाशा दिखाई देता है।

वे मल्ल विद्या का बड़ा आदर करते थे, पहलवानों से उनका स्नेह था, वे उन पर पर्याप्त व्यय करते थे। उनके अनुज श्रीमान् अमरनाथजी भी उनके साथ ही मल्ल विद्या का अभ्यास करते थे। उनमें भी अनेक कलाओं का चरम विकास हुआ है। वे बड़े ही उदारचेता थे।

उनका कहना था कि अपने को जब देखोगे तभी योग साधना होगी, अपने को देखना बाहरी देखना बन्द करने पर ही संभव है। कान, आँख, मुंह बन्द करना आवश्यक होता है, इन सबकी खास प्रणालियाँ वे बतलाते थे।

गोस्वामीजी का विनय पत्रिका वाला "सकल विश्वनिज उदर में" वाला पद वे व्याख्या सहित अनेक बार सुनाया करते थे। वे प्रातः ४ बजे उठकर श्वास स्नान करते थे।

वे नेती धोती के पूर्ण अभ्यासी थे। इन क्रियाओं को देखने वाले लोग कभी-कभी उनका मजाक भी करते थे, परन्तु वे उस ओर ध्यान नहीं देते थे। यह सब उन्होंने वहुतों से सीखा था। वे प्रातः काल ब्राह्मी मुद्रा में रहते थे।

खेचरी क्रिया में योगाभ्यासी सोते रहने पर भी जागरण का सा ज्ञान रखता है। ऐसा उनके जीवन में खूब देखा गया। जीभ को उलट कर ऊपर ले जाने की क्रिया में अनेक वार उनका चेहरा वहुत वड़ा लगने लगता था। वे कहते थे कि योगी को हमेशा यह भरोसा रहता है कि हमारे ऊपर मालिक है। वह अन्त में शरीर से भले ही शिथिल हो जाय पर उसकी चेतना अत्यन्त जाग्रत अवस्था में रहती है।

श्री अग्रवालजी ने श्री वीतरागानन्दजी के भी अनेक संस्मरण सुनाए।

श्री प्रियानाथ पाण्डेय

श्री प्रियानाथ पाण्डेयजी ने स्वर्गीय श्री महन्त वांकेराम जी का संस्मरण सुनाते समय अपने को कठिनता से रोका। उन्हें उनके स्मरण से आंसुओं का रोकना कठिन लग रहा था। उनके अनुसार वे योगाभ्यास के माध्यम से इतने उदार वन चुके थे कि उनके लिए अदेय कुछ भी नहीं था। अन्तिम अवस्था में वे विक्षिप्त की स्थिति में पहुँच गए जो क्रियाओं में उलट फेर की विकृत परिणति थी। उन्होंने अपनी आहुति देकर 'संकट मोचन' को जगा दिया। उनके वाद से ही संकट मोचन का प्रभाव वहुत अधिक वढ़ गया। पहिले आज के से दृश्य की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। यह उन्हीं के आत्मदान का प्रभाव हमारी समझ में आता है।

प्रोफेसर श्री अनन्त रमण

योग प्रशिक्षण को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक पद्धति से संचालित करने में रुचि रखने वाले विश्वविख्यात विद्वान् काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के रैक्टर प्रो० अनन्तरमण महोदय ने प्रश्नों के इस प्रकार उत्तर दिये—

प्रश्न—योग शिक्षा के प्रत्यक्ष लाभ क्या हैं ?

इस समय संसार में सर्वत्र योग के प्रति एक विलक्षण दिलचस्पी दिखाई दे रही है। यह क्रम विगत २०-२५ वर्षों से देखने में आ रहा है। इसी से स्पष्ट हो जाता है कि योग से किसी विश्वव्यापी समस्या का समाधान मिल रहा है। भौतिक अथवा वैज्ञानिक उपलब्धियों के साथ ही साथ शारीरिक और मानसिक तनाव भी अपनी सीमा पर पहुँच गया है। यहाँ तक देखा जा रहा है कि अनेक देशों में इस तनाव से मुक्ति पाने के लिए लोग आत्महत्या का सहारा लेते हैं और अपने अमूल्य जीवन को ही अपने ही हाथों समाप्त कर देते हैं। योग का प्रत्यक्ष लाभ है, इस शारीरिक और मानसिक तनाव को समाप्त करना। देखा जा रहा है कि भौतिकता के द्वारा प्रदत्त इस तनाव से योग के द्वारा बड़ा परित्राण मिलता है, १५,२० दिन के अभ्यास के बाद ही विलक्षण लाभ मिलने लगता है। मन्त्र जप करने से मानसिक तनाव में कमी आती है। अपने कार्यों तथा व्यवहारों में योगाभ्यास के फलस्वरूप सामान्यता की सहज ही उपलब्धि होने लगती है। वर्तमान जगत् के साधकों की स्थिति ऐसी है कि वे अपनी ज्वलन्त समस्याओं का तत्काल समाधान चाहते हैं। यह उन्हें योगाभ्यास से मिल रहा है। सभी बड़े यान्त्रिक समृद्धि वाले देशों ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में योग शिक्षा का निवेश किया है। रशिया वालों ने जब अन्तरिक्ष अन्वेषण की ओर प्रयास प्रारंभ किया तो उसके प्रशिक्षण के लिए आसन प्राणायाम आदि पर पूरा ध्यान दिया जाता था, वह प्रक्रिया उनके यहाँ आज भी चल रही है। योग के प्रत्यक्ष लाभों का अनुभव करने के अनन्तर अब तो प्रमुख तथाकथित विकसित देशों के प्रमुखों का ध्यान योग के विभिन्न पहलुओं पर गम्भीर अन्वेषण की ओर भी गया है तथा उन्होंने यन्त्रों की भी इस सन्दर्भ में सहायता प्राप्त करने का कार्यक्रम आगे बढ़ाया है।

क्या योग पर रुचि रखनेवालों को ईश्वर पर विश्वास लाना आवश्यक है ?

संसार में योग को परिपूर्ण विद्या के रूप में प्रकाशित करने वाले पतंजलि ने मनकी या अन्तःकरण की पूर्ण जागृति हो जाने पर उसके आधार के या प्राणिधान के लिए ईश्वर को उपस्थित करते हुए उसे काल से अनवच्छिन्न और 'पूर्वेपामपि गुरुः' कहा है। परन्तु 'वा' शब्द जोड़कर इस विषय में साधक को स्वतन्त्रता प्रदान की है। सांख्य में ईश्वर अनिवार्य नहीं रहा, वह प्रकृति का दर्शक भर है वहाँ। चार्वाक, बौद्ध और जैन दर्शनों ने, जो भारत भूमि से ही समुद्भूत हैं, ईश्वर को अनिवार्य नहीं माना, लेकिन योग को पूर्ण महत्त्व दिया। अतः ईश्वर योग के अन्तरंग विभाग धारणा, ध्यान, समाधि के लिए एक विलक्षण आश्रय है, परन्तु अनिवार्य नहीं। ईश्वर की सत्ता को सर्वथा अस्वीकार करने वाले वर्तमान पाश्चात्य वैज्ञानिकों को योग की कितनी आवश्यकता प्रतीत हो रही है यह अभी हमने कहा ही है। मेरा यह अवश्य विश्वास है कि योग अपने संरक्षण में आनेवालों को स्वयं ही धीरे-धीरे ईश्वर का पता देता चलता

हैं। परन्तु सिद्धान्त यही है कि अपनी वर्तमान स्थिति में ईश्वर पर बिलकुल विश्वास न रखने वाले व्यक्तियों को भी योग कभी निराश नहीं करता।

क्या योग से जीवन दृष्टि में परिवर्तन आता है ?

श्री अरविन्द प्रभृति मनीषियों ने योगाभ्यास की भूमिकाओं में जीवन दृष्टि में आंशिक परिणाम तथा पूर्ण परिवर्तन की बातें कही हैं। स्पष्ट है कि यह भौतिकता से आध्यात्मिक समृद्धि की ओर अग्रसर होने वाली यात्रा है।

योग को आप भारत की ही देन मानते हैं या आप की दृष्टि में योग पर भी विदेशी प्रभाव है ?

प्रारंभ में दो हजार वर्षों तक केवल भारतीय महामनीषियों द्वारा ही योग का विस्तृत विवरण दिया जाता रहा और इसी से भारत के जगद्गुरुत्व की जैसी बातें प्रकट और स्वीकृत हुई। इस काल के उपरान्त बाहर भी योग पर आंशिक उपलब्धियां हुई। क्रिश्चियन धर्म, तथा इस्लाम के सूफी मतावलम्बी साधक इस ओर अग्रसर हुए। इस समय तो योग विविध दृष्टियों से अन्तार्राष्ट्रीय स्तर का विषय बन चुका है। इस विषय का विचार क्षेत्र अब रूढ़ियों अथवा क्षेत्रीय विचारों में संकुचित न रहकर वैज्ञानिकता ग्रहण करता हुआ व्यापक बन चुका है।

दैनिक जीवन में योग को अपनाना क्या पुरातन सन्ध्या वन्दनादि से गतार्थ नहीं है ?

द्विजन्मा गण का सन्ध्या वन्दन समिदाधान आदि नित्य क्रिया कलाप निश्चित ही योग से सम्बद्ध था। प्राणायाम और जप शारीरिक और मानसिक निरोधात्मक शक्तिवर्धन के प्रयास के प्राथमिक चरण हैं। उन्हीं में कुछ अधिक समय देने तथा अधिक अभ्यास से योग की आग की भूमिकाओं की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है।

क्या योग प्रशिक्षण के लिए कुछ वैज्ञानिक यन्त्रों का उपयोग होता है ?

अवश्य ही ऐसे यन्त्र उपलब्ध हो चुके हैं जिनसे यौगिक अभ्यास का प्रतिफल शरीर और मन पर देखा जाता है। हमारे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षण केन्द्र में भी ऐसे यन्त्र हैं जिनसे इस प्रकार के परीक्षण चलते हैं। इन यन्त्रों की सहायता से सूक्ष्म बातों की जानकारी में अद्भुत सहायता प्राप्त हो रही है। मुझे विश्वास है योगाभ्यास के लिए नए यन्त्रों का प्रयोग बढ़ेगा क्योंकि यन्त्र वैभव से सम्पन्न देशों में योग की चर्चाओं में रुचि संचार हो रहा है।

सामान्य जन जीवन को प्रभावित करने तथा उन्नत बनाने में योग की क्या भूमिका हो सकती है ?

योग की लोकप्रियता से उसे अधिकाधिक समझने की प्रवृत्ति बलवती होगी, उससे सामान्य जीवन समुन्नत होगा, व्याप्त तनाव घटेगा और स्वस्थता में सुधार आयेगा। परन्तु भविष्य में योग के लिए बराबर दार्शनिक सुदृढ़ आधार की आवश्यकता होती रहेगी।

योग पर बढ़ रही प्राच्य पाश्चात्य चर्चाओं से क्या योग का प्रयोजन पूरा हो रहा है, क्या इनसे उसका स्वरूप व्यावसायिक हो रहा है ?

अनेक चर्चाओं ने योग को वैज्ञानिक भूमिका प्रदान की है। व्यवसायिक रूप इसका तभी सामने आता है जब एक ही गुरु को सब कुछ समझ लिया जाता है, तब वह निम्नकोटि की वस्तु और विकृतियाँ उपस्थित करने वाली चीज बन जाती है। इसके अनेक गुरुओं से ज्ञान ग्रहण करना उचित है। "ज्ञानिनः" बहुवचनान्त शब्द प्रयोग का प्राचीन आशय भी ऐसा ही लगता है।

अनेकानेक—धन्यवाद

डा० श्री के० एन० उडुप्पा

[अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के विद्वान् तथा चिकित्सा और योग के विशेषज्ञ डाक्टर श्री के० एन० उडुप्पा महोदय ने प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार दिये ।]

योग शिक्षा के प्रत्यक्ष लाभ क्या हैं ?

मानसिक और शारीरिक दुःख या असन्तुलन को ठीक करने में योग से बहुत मदद मिलती है।

क्या योग पर रुचि रखने वालों को ईश्वर पर विश्वास लाना आवश्यक है ?

हां, पतंजलि ने योग सूत्र में नियम की व्याख्या में नियम का अन्तिम भेद ईश्वर-प्रणिधान कहा है। सिद्ध है कि योग के दूसरे अंग में ही उसकी अनिवार्यता घोषित हो गई है। ईश्वर विश्वास के बिना योग की कोई कल्पना नहीं हो सकती। ईश्वर प्रणिधान का अर्थ है—ईश्वर से प्रार्थना करना।

क्या योग से जीवन दृष्टि में परिवर्तन आता है ?

बिलकुल, बहुत बड़ा परिवर्तन होता है। मैंने स्वयं अनुभव किया है कि शुरू-शुरु में मन में तरह-तरह का तनाव आता था, चिन्ताएँ होती थीं, क्रोध आता था। परन्तु जब से मैंने दैनिक योगाभ्यास प्रारंभ किया तब से ये सब बातें बहुत कम हो गई। इससे समस्याओं के समाधान का तरीका मिलने लगा और जटिलताओं में आसानी होती गई। खासकर मानसिक शक्ति में आनन्ददायक सन्तुलन बना।

योग को आप भारत की ही देन मानते हैं या आपकी दृष्टि में योग पर भी विदेशी प्रभाव है ?

सारी दुनियां योग को भारत की ही देन मानती है। यह यहाँ २५००, ३०००, वर्ष पहिले से प्रचारित हुआ, जब दुनियां के दूसरे लोग जंगली जीवन जी रहे थे।

दैनिक जीवन में योग को अपनाना क्या पुरातन सन्ध्या-वन्दनादि से गतार्थ नहीं है ?

सन्ध्या वन्दनादि जप योग मात्र है, परन्तु योग तो अष्टांग है, वह एक अंग मात्र कहा जा सकता है और उससे योग के अन्य अंगों की ओर रुचि जागृत होती है।

क्या योग प्रशिक्षण के लिए कुछ वैज्ञानिक यन्त्रों का प्रयोग होता है ?

योग के लाभालाभ को जानने के लिए यन्त्र हैं। अमेरिका में एक यन्त्र है बायोफीड बैक आपरेटस, इससे कितना लाभ हुआ यह दिखाई दे जाता है। हम उसे शीघ्र ही यहाँ भी लायेंगे।

सामान्य जन जीवन को प्रभावित करने तथा उन्नत बनाने में योग की क्या भूमिका हो सकती है ?

इसके लिए योग बहुत जरूरी है। भारत विकासोन्मुख देश है, सामान्य जनों की आर्थिक दुर्बलता विख्यात है। ऐसे साधनों का अन्वेषण आवश्यक है जो बिना व्यय के सुलभ हों। प्रसिद्ध सिद्धान्त है कि—"रोग की चिकित्सा से रोग की उत्पत्ति को ही रोकना कहीं अच्छा है।" वह उपाय हो जिससे इलाज की आवश्यकता न रह जाय। योग बिना खर्च के कोई भी कर सकता है और स्वास्थ्य ठीक रख सकता है। सभी लोग योग के द्वारा मानसिक और शारीरिक क्षमता बढ़ा सकते हैं। इसकी प्रैक्टिस बचपन से आवश्यक है। आहारादि का इससे स्वतः नियन्त्रण होता है। यह सरकार और जनता दोनों के द्वारा होना चाहिए, केवल चर्चाओं में नहीं, अभ्यास में।

योग पर बढ़ रही प्राच्य पाश्चात्य चर्चाओं से क्या योग का प्रयोजन पूरा हो रहा है, क्या उसका रूप व्यावसायिक हो रहा है ?

केवल प्रीचिंग् या भाषण, चर्चाएँ योग में कोई महत्त्व नहीं रखतीं। अनेक प्रकार से इस पर प्रैक्टिस होनी चाहिए। स्कूलों, कॉलिजों, अस्पतालों, व्यायामशालाओं, जेलों आदि सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास के तरीके बताये जाने चाहिए, जिससे सभी सीख कर लाभान्वित हो सकें।

अनेक धन्यवाद

श्रीमान् रघुनाथसिंह जी

योग शिक्षा के प्रत्यक्ष लाभ क्या हैं ?

योग शिक्षा पुस्तकों से नहीं होती, उसका व्यावहारिक ज्ञान आवश्यक है। सद्गुरु या योग्य प्रशिक्षक के बिना शरीर पर उलटा असर पड़ता देखा गया है। यदि भस्त्रा प्राणायाम का गुरुनिर्देश पुरस्सर व्यावहारिक ज्ञान नहीं और उस ओर कोई लगा तो कहीं जरा भी गड़बड़ उसे बहरा बना देगी। ऐसी ही बात उज्जाई, सूर्यभेदी आदि योग साधनों के विषय में भी है।

क्या योग में रुचि रखने वालों को ईश्वर पर विश्वास लाना आवश्यक है ?

कोई आवश्यक नहीं। इस संसार की जनगणना में चालीस प्रतिशत मनुष्य ईश्वर विश्वासी नहीं हैं, परन्तु उनमें से बहुत से योग पर विश्वास रखते हैं। ऐसा भी नहीं है कि ईश्वर विश्वासी अमर हो जाता हो और बाकी सब मरने वाले हों। मरते दोनों हैं। इसी प्रकार योग से भी दोनों लाभान्वित होंगे।

क्या योग से जीवन दृष्टि में परिवर्तन आता है ?

हाँ, योग से जीवन दृष्टि में यह होता है कि स्थिरता, शान्ति, आत्म विश्वास, विकट से विकट परिस्थिति में धैर्य-भाव में अवस्थिति आदि अद्भुत बातें जीवन को धन्य बनाती हुई भीतर से प्रकट होती लगने लगती हैं। वे भीतर ही हैं, उनके विरोधी भावों ने उन्हें ढँक कर जीवन को अस्थिर, अशान्त अनात्मविश्वासी और अधीर बनाकर कष्टमय कर दिया है। योगाभ्यास इन परतों को हटा देता है और भीतरी अलौकिक तत्त्वों की प्रभा जगमगा उठती है। वही वास्तविक जीवन दृष्टि है।

योग को आप केवल भारत की ही देन मानते हैं या आप की दृष्टि में योग पर भी विदेशी प्रभाव है ?

योग किसी देश विशेष की वस्तु नहीं है। जैसे ज्योतिष किसी देश विशेष की वस्तु नहीं है। ईजिप्ट तथा चीन में अति प्राचीन योग मुद्राओं की मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं। पतञ्जलि ने कोई योग का प्रारंभ नहीं किया अपितु उनसे भी प्राचीन योग-विचारों को लिपिबद्ध किया। यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है और इसके लिए दैनिक अभ्यास पहिली शर्त है। इसमें पढ़ने लिखने का कोई विशेष महत्त्व नहीं है। यह किसी धर्म विशेष की भी थाती नहीं है। मुसलिम सम्प्रदाय में अनेक सिद्ध योगी हुए हैं जिन्हें 'फकीर' कहा गया है। सूफी सम्प्रदाय योग को प्रधान आधार बनाता है। कबीर ने हिन्दू तथा मुस्लिम योग पद्धतियों का मिश्रण किया था अपनी पद्धति में। यह बात संसार के अन्य प्राचीन धर्मानुगामियों के लिए भी है।

क्या योग प्रशिक्षण के लिए कुछ वैज्ञानिक यन्त्रों का प्रयोग होता है ?

कोई आवश्यक नहीं, शरीर ही योग प्रशिक्षण की सबसे विशाल यन्त्रशाला है जिसमें अनन्त उपकरण विद्यमान हैं, उन्हीं से उपयोग लेने की प्रक्रिया योग है। कुण्डलिनी योग का प्रधान उपकरण है। उसके जागरण का महान् प्रयत्न योग द्वारा होता है।

सामान्य जन जीवन को प्रभावित करने तथा उन्नत बनाने में भविष्य में योग की क्या भूमिका हो सकती है ?

योग मनुष्य शरीर को स्वस्थ रखता है, यदि शरीर स्वस्थ नहीं तो कोई भी क्रिया, पठन पाठन आदि का सुचारु रूप से संपादन संभव नहीं रहेगा। उदाहरणार्थ आसन का फल शरीर में लचीलापन बढ़ाना है, प्राणायाम से शरीर में हल्कापन आता है, ठीक से वायु संचार होता है। इसलिए प्रत्येक पुरुष को स्वस्थ रहते हुए जीवन साफल्य की ओर बढ़ाने के लिए योग की भूमिका सार्वदेशिक और सार्वकालिक है।

योग पर बढ़ती हुई प्राच्य पाश्चात्य चर्चाओं के क्या योग का प्रयोजन पूरा हो रहा है ? क्या इससे योग का स्वरूप व्यावसायिक नहीं हो रहा है ?

चर्चाओं के द्वारा योग के प्रथम चार अंगों पर ध्यान जा रहा है, यम नियम, आसन और प्राणायाम। इन्हीं की अनेकानेक विधियाँ प्रचारित हो रही हैं। परन्तु प्रत्याहार

ध्यान, धारणा, समाधि जो योग का उत्तरार्ध या वास्तविक योग है उस ओर कोई पादन्यास इस प्रकार की चर्चाओं से न कभी संभव हुआ है न होगा।

इस समय भारत में बहुत से व्यावसायिक योगी प्रकट हो गए हैं, कुछ प्रकट होकर तिरोहित भी हुए हैं। यह सारा योग का नाटक या व्यवसाय है। यह भी चलेगा ही। परन्तु योगी की असली पहिचान यह है कि वह भीड़ से भागता है। वह अधिक से अधिक एकान्त सेवी है। वह अपनी बाह्य वृत्तियों को कछुए की गर्दन की तरह भीतर सिकोड़े रहता है और अपने भीतर ही भीतर अधिकाधिक विचरण करता हुआ रहस्यों के नजदीक पहुँचता रहता है। समाज में आने की इच्छा नहीं करता, प्रतिष्ठा को शूकरी विष्ठा के समान समझता है। आजकल तो ज्योतिष के चमत्कारों की तरह योग के चमत्कारों के विज्ञापनों से पत्रिकाएँ भरी रहती हैं। परन्तु इतना अवश्य है, लम्बी दासता के बाद अपनी पुरानी लुप्त बातों के मार्गों को प्रायोगिक रूप में पुनः प्राप्त करने के लिए चर्चाएँ महत्त्वपूर्ण माध्यम बनती हैं, उनसे उस ओर ध्यान खिंचता है। परन्तु व्यवसाय के कारण योग का रूप विकृत भी हो रहा है। शासन और जनता दोनों ओर से सत्प्रयास आवश्यक है।

श्री कालीशंकर त्रिपाठी

(डी. आई. जी. पी. ए. सी. वाराणसी)

योग शिक्षा के प्रत्यक्ष लाभ क्या हैं ?

वाह्य और आभ्यन्तर दोनों प्रकार की शरीर संरचनाओं में संतुलन और क्रियाशीलता प्रदान करना योग का प्रत्यक्ष लाभ है। शरीर और स्थूल इन्द्रियाँ वाह्य अंश हैं शरीर के, उन्हें प्राणायाम आदि के द्वारा अपरिमित वल प्राप्त होता है तथा भीतर की चार वस्तुएँ हैं मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, उन्हें आगे के योगों से शक्ति और स्फूर्ति मिलती रहती है। योग का सहारा पाकर ये सभी अधिक क्रियाशील हो जाते हैं। मानव के आभ्यन्तर और वाह्य पूर्ण विकास के लिए योग प्रशिक्षण आवश्यक हो जाता है। कसरत आदि से योगाभ्यास कहीं अधिक लाभ दायक है।

आजकल वाहरी आसन आदि को ही संपूर्ण योग समझने की भ्रान्ति फैलती देखी जा रही है। यदि यही योग होता तो पतले से तार पर जमीन से काफी ऊपर चलने का प्रदर्शन दिखाने वाले तथा ऐसे कितने ही आश्चर्यजनक दृश्य दिखाने वाले लोग परमयोगी माने जाते। इससे स्पष्ट है कि योग उसे ही कहा जायगा जो मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार को भी साथ रक्खे और इन्हें असीम की ओर आगे ले चले।

क्या योग में रुचि रखने वालों को ईश्वर पर विश्वास लाना आवश्यक है ?

इसकी कोई आवश्यकता नहीं है यदि योग में रुचि हो। ईश्वर की चर्चा तो वैष्णव युग से अधिक बढ़ी है। विशाल वैदिक साहित्य में 'तत्त्वमसि' 'रसो वैसः' ऐसे छोटे-छोटे वाक्यों में ईश्वर का संकेत भर है। वह अनुभवों में रमने रमाने की वस्तु है, चर्चाओं की नहीं। परन्तु वैष्णवों ने ईश्वर की इस कमी को पूरा किया। पतंजलि ने भी योग सूत्र में २,३ छोटे-छोटे वाक्यों में उसकी चर्चा भर की है। ईश्वर का आश्रय इस माने में अच्छा है कि यदि वह न हो तो अहंकार ही आश्रय वन जायगा और यह कदम रावणत्व की ओर उन्मुख हो उठेगा।

क्या योग से जीवन दृष्टि में परिवर्तन आता है ?

चार घंटे नित्य योगाभ्यास से जीवन दृष्टि वदलती हैं। रामकृष्ण परमहंस ३ घंटा नित्य योगाभ्यास करते थे। सामान्य रूप से बुद्धि (Brain) का ८ या १० प्रतिशत ही काम में लाया जाता है तथा वाकी का बुद्धि अंश निष्क्रिय पड़ा रहता है। १५ प्रतिशत से २५ प्रतिशत तक जिसका Brain power क्रियाशील हो उसे हम जीनियस कहने लगते हैं और प्रतिशत जव इससे अधिक चला जाता है तो वह महापुरुष कोटि है। योग कहता है कि बुद्धि का शत-प्रतिशत उपयोग किया जा सकता है। विवेक वृद्धि, सूक्ष्म दृष्टि, सत्य के नजदीक पहुँचने की क्षमता में वृद्धि, शरीर प्रधानता की कमी और अन्ततः अभाव, अन्ततः यूनिवर्सल से एकाकार होकर अपने सही स्वरूप की उपलब्धि करा देना, आसुरी दुर्गुणों की कमी हो जाना, ये सब जीवन की दृष्टि को बदलना योग के द्वारा ही संभव होता है।

योग को आप केवल भारत की ही देन मानते हैं, या आपकी दृष्टि में योग पर भी विदेशी प्रभाव है।

योग विद्या विशुद्ध रूप से भारत का ही आविष्कार है। यहीं से यह सर्वत्र फैली है। यह वैदिक काल से ही व्याख्यात होती आ रही है, ज्ञात इतिहास वहीं तक जाता

हैं। विश्व के बड़े धर्म क्रिश्चियैनिटी में समर्पण, प्रार्थना, सेवा आदि पर तो बहुत अधिक बल दिया जाता है, परन्तु योग जैसी कोई पद्धति वहाँ नहीं है। कुरान योग की दृष्टि से बाइबिल से आगे है, वहाँ अनेक योग से मिलते-जुलते नियम भी हैं और नमाज आदि विशिष्ट क्रियाएँ भी हैं। परन्तु योग का सिलसिलेवार रूप वहाँ भी नहीं है। योग की पद्धति कहीं अन्यत्र नहीं बन पाई।

दैनिक जीवन में योग को अपनाना क्या पुरातन संध्या वन्दन आदि के द्वारा गतार्थ नहीं है ?

ये ऐसे नियम थे जिनसे हमें योग की ओर अग्रसर होने में सहायता मिलती थी। परन्तु नियम जब जड़ हो जाते हैं, लक्ष्य से हट जाते हैं तो हानिकारक हो जाते हैं। सन्ध्या के समय अक्सर एक क्षण के लिए नाक पकड़ लेने तक प्राणायाम सीमित होता देखा जा रहा है। बीस प्राणायाम विधि पूर्वक होने पर उसका प्रभाव प्रारंभ होता है। शिवसंहिता में १०८ प्राणायाम तक प्रतिदिन करने को कहा गया है। जैसे-जैसे आयु बढ़े वैसे-वैसे प्राणायाम बढ़ाते जाना चाहिए। प्राणायाम में मेरुदण्ड सीधा होना आवश्यक है, शौकिया प्राणायाम करने वाले तो लेटे-लेटे प्राणायाम करने लगे हैं। पद्मासन प्राणायाम के लिए सर्वश्रेष्ठ आसन है। प्राणायाम के साथ उड्यान होना बहुत आवश्यक है, जिसमें मूलबन्ध आदि को ऊपर की ओर खींचा जाता है। इसके बिना पूरा दबाव पीठ पर पड़ता है और छाती में चुभन का अनुभव होने लगता है। इसका अनुभव मैंने किया है। प्राणायाम की मात्रा बढ़ाने से आत्मा में स्थिरता, समर्पण तथा भक्ति का प्रादुर्भाव स्वतः होता है।

क्या योग प्रशिक्षण के लिए कुछ वैज्ञानिक यन्त्रों का प्रयोग होता है ?

योग के प्रभावों को नापने के लिए यन्त्रों का प्रयोग होता है और ऐसे भी कुछ यन्त्रों पर काम हो रहा है जिनके प्रयोग से तापमान नार्मल होकर उनके प्रभाव से कुण्डलिनी सहस्रार की ओर चल पड़े। परन्तु अभी वह सामने नहीं आया। परन्तु शरीर के तापमान को योग के अनुरूप उचित मात्रा में रखने के लिए तो वे ही यन्त्र हैं जो अन्य कार्य के लिए उपलब्ध हैं। तिब्बत क्षेत्र में ऐसे अनेक धातुओं के प्रयोगों का पता था जिनसे आध्यात्मिक क्षेत्र में पर्याप्त सहायता मिलती थी, परन्तु सार्वजनिक प्रयोग उनका नहीं था। तिब्बत ने भौतिक जीवन की उपेक्षा की। केवल आत्मा की बातें जहाँ की जायँगी और भौतिक जीवन को नकारा जायगा वहाँ राक्षस पैदा हो जायँगे।

सामान्य जन-जीवन को प्रभावित करने तथा उन्नत बनाने में योग की क्या भूमिका हो सकती है ?

योगाभ्यास से अपनी शक्तियों का पूर्ण उपयोग होगा, ब्रेनसेल्स एक्टिव होंगे, समस्त चराचर की सञ्चालक शक्ति, पावर हाउस से सम्बन्ध होने पर जीवन की पूर्ण सफलता होगी। यही कामना रहती है सबकी, यही इससे होता है। युक्त आहार होना चाहिए। एक ही बार जमकर भोजन करने से पेट में भारीपन आता है, अतः चिड़िया की तरह अनेक बार थोड़ा-थोड़ा आहार लेते रहना उचित है, जिससे पेट पर कभी दबाव न हो। इस प्रक्रिया से क्षमताओं में वृद्धि होगी।

योग पर बढ़ती हुई चर्चाओं से क्या योग का प्रयोजन पूरा हो रहा है, क्या इससे योग का रूप व्यावसायिक हो रहा है।

चर्चाओं से विषय पर ध्यान आकृष्ट होता ही है। परन्तु 'अतिसर्वत्र वर्जयेत्' वाली बात तो है ही। उससे विकृति आती है। परन्तु यह तो हमेशा से ही हुआ है। अच्छे परिणामों के साथ बुरे परिणामों से सर्वथा बचा नहीं जा सकता। केवल चर्चा लाभदायक सिद्ध नही हो सकती, क्योंकि यह तो क्रिया गत विषय है।

—अनेक धन्यवाद

आंजनेय का शैशव

[श्री लालधर त्रिपाठी 'प्रवासी']

पंछी बाँटने लगे प्रमोद-वसना वाणी,
खोलने लगीं निज द्वार दिशाएँ कल्याणी।
कुंकुम बरसाने लगा नील नभ, उल्का-सी
प्राची में उठने लगी प्रभा की आभा-सी॥

अँगड़ाई लेने लगा पुष्प-दल पर सोया,
प्रातः समीर अब भी है कुछ खोया-खोया।
है अंकमाल दे रही शीतिमा धरती को,
उट्ठा पुकार इस बार पपीहा फिर पी को॥

कलकंठ-कंठ में मचली मतवाली भाषा,
नभ में प्रसन्नता तिरी, मनस्सर में आशा।
तम के बाहर झाँकती खड़ी ऊषा रानी,
नीलम पर चढ़ता जाता सोने का पानी॥

नस-नस में नशा उतरता जाता अंबर के,
लगती है शोभा भली बिना आडंबर के।
आधे सरवर का जल मदिराभा में डूबा,
नभ की समता का बाँध रहा सर मनसूबा॥

रजनी के प्रहरी घर को अपने लौट चले,
बिछड़े चकवे के जोड़े मिलने चले गले।
डुबकियाँ लगा मानों जल से ऊपर आते,
गिरियों के सिर दीखने लगे कुछ-कुछ राते॥

ले लिया प्रभा का भार पर्वतों ने सिर पर,
वन्या-प्रवाह अब सूख चला तम का दुर्धर।
नभगंगा में कर स्नान चल पड़ा यात्री-दल,
अपने भवनों की ओर त्वरितगति, दृष्टि-चपल॥

धरती के मुँह पर मूठ मारकर कुंकुम की—
खिलखिला उठा आकाश और धरती चमकी।

निर्झर के स्वर को छीन लिया विहगाली ने,
वन को सज्जित कर दिया किसी वनमाली ने॥

तरु-तरु को है शृंगारा मिलकर फूलों ने,
ले ली कानन से विदा शिशिर के शूलों ने।
जिनके मन जाते नहीं अतीत, अनागत में—
वे फूल सजे सब ओर दृष्टि के स्वागत में॥

धरती करती शृंगार, दिशाएँ सजती थीं,
अनवरत वेणु-वन में बाँसुरियाँ बजती थीं।
सरिताएँ गातीं गीत तरंगित हो-होकर,
पर्वत-सी बाधा दूर हटातीं दे ठोकर॥

धरती ने ऐसा हर्ष न अब तक पाया था,
इस वर्ष जिसे ऋतुराज साथ ले आया था।
निर्भरानन्द गत्वर, तस्थुष दिखलाते थे,
पवमान धरा पर आज अमृत बरसाते थे॥

कर तमोवाहिनी छिन्न शान पर चढ़ा हुआ,
उदयाचल पर बालरवि प्रहर्षित खड़ा हुआ।
करते सूर्योपस्थान चकित विस्मृत-विवेक,
देखा उपर्बुधों ने अनदेखा दृश्य एक॥

कोई नव-तरणि प्रतीची से भर क्षिप्रवेग,
जाता पुराण रवि से मिलने संभृतोद्वेग।
कर पार मेघ-पथ, गरुड़-मार्ग की उड़ा धूल,
वह बढ़ा उर्ध्वगति करता निष्प्रभ पंथ-शूल॥

वह पवनदेश कर पार चरिता ग्रह-प्रदेश,
ऊर्ध्व से ऊर्ध्वतर पहुँच हो गया व्योमकेश।
अब दिवारात्र-शासन से थी मिल गई मुक्ति,
हो गए पृष्ठगत जाग्रत, स्वप्न, ततः सुषुप्ति॥

हो गया दिव्य आलोक-लोक में जब प्रवेश,
करने प्रकाश को ग्रास आ गया राहु शेष।
उसको ही करने ग्रास चले जब प्लवगनंद,
वह वायुवेग से हुआ पलायित मुक्तबंध॥

कर लिया मुखस्थ दिवाकर को शिशु ने सलील,
हो गया सौरमंडल तमसावृत कृष्णनील।
संवाद राहु से पाकर पहुँचे विकल इंद्र,
शिशु पर कर दिया प्रहार उन्होंने मुक्ततंद्र॥

बालक गिरि पर गिरि-सदृश गिर पड़ा गतश्वास,
नर-लीला-नायक गिरिश दिगंबर विश्ववास।
हो गए अचल चल, हुआ सदागति गतिविहीन,
निस्तेज हो गया अनल, अंशुमाली मलीन॥

निर्गंध धरा, आकाश हुआ निश्शब्द शांत,
था तेज रूपहत, सलिल शीत-विरहित नितांत।
निर्मर्यादित हो चले सिंधु-दिग्देश-काल,
विस्फोट हेतु सन्नद्ध शेष का मुखज्वाल॥

विध्वस्त काल का बध, चंद्रमा तमोलीन,
ग्रह-तारों का अस्तित्व हुआ संशयाधीन।
संहार फूँकने को प्रस्तुत घन-प्रलय शंख,
खुल चले अचानक महारात्रि के कृष्ण पंख॥

कोलाहल मचा अजस्र देवगण में अपार,
कर गया इंद्र को पंगु स्वयं वज्रप्रहार।
हो अस्त-व्यस्त चतुर्मुख, इंद्र, उपेंद्र साथ,
आ पहुँचे बैठा जहाँ पवन था अश्रु-स्नात॥

निश्चेतन शिशु को लिए अंक में स्तब्ध, शांत,
गिरिवर कंदरा बसाए चिंता-समुद्भ्रांत।
हो सकी न उसको ज्ञात समागत देव-सृष्टि,
नयनों से शिशु-मुख पर करती-सी स्नेह-वृष्टि॥

शिशु के मुख पर अब भी था हँसता-सा प्रकाश,
थे पवन उसे देखते हिचकियों में उदास।
कौशांबु छिड़क कर ब्रह्मा ने ला दिए प्राण,—
शिशु के शरीर में, मिला काल से परित्राण॥

हो गए भूमि पर खड़े पवन का अंक त्याग,
संचरण धरा पर हुआ पवन का गत-विराग।
अंबर हो गया प्रसन्न, धरित्री हुई धन्य,
हो गए कलरवित नगर, सरित, सागर, अरण्य॥

[यह पद्यावली लेखक की अप्रकाशित एवं बहुचर्चित रचना "आंजनेय चरित" महाकाव्य का अंश है——संपादक]

श्री अनंत "श्री" मंडित महामहिमामहिम

स्वामी करपात्री जी महाराज

के

७१वें जन्मदिवस के मंगलमय पुनीत

अवसर पर समर्पित है।

आदरसहित,

सरस्वती मेटल प्रोडक्टस्

कल्याणनगर, जगाधरी।

योगः कर्मसु कौशलम्

[डा० रमाकान्त त्रिपाठी]

भगवद्गीता में योग की परिभाषा के रूप में कहा गया है–'**योगः कर्मसु कौशलम्**' एवम् 'समत्वम् योग उच्यते'। इन दोनों परिभाषाओं में वास्तव में समानता है और वह समानता 'योगः कर्मसु कौशलम्' पर विचार करने से स्पष्ट हो जायगी।

प्रश्न यह है कि कर्म कौशल पूर्वक करने की क्या आवश्यकता है और वह कौशल क्या है जिसे योग कहा गया है ? सर्वविदित है कि कर्मों का परिणाम पाप-पुण्य होता है और उस पाप-पुण्य को दुःख या सुख रूप में भोगने के लिये जन्म लेना या शरीर धारण करना आवश्यक हो जाता है क्योंकि '**अवश्यमेव भोक्तव्यम् कृतम् कर्म शुभाशुभम्**'। इसी से कहा गया है कि कर्म से बंधन होता है। यदि कर्मों से बंधन होता है तो बंधन से बचने के लिये क्या अकर्म या कर्मों का बिल्कुल न करना अपेक्षित नहीं है ? यदि कर्म न किया जाय तो वह है तो बहुत अच्छा, मगर शरीरधारी के लिए एक एक क्षण भी बिना कर्म के रहना संभव नहीं है। शरीरधारी का अर्थ यहाँ पर उस जीव से है जिसमें कर्तृत्वाभिमान और भोक्तृत्वाभिमान पाया जाता है। ऐसे जीवों का कर्म से वंचित रहना असंभव है। अतः जीवन्मुक्त पुरुषों को वास्तव में शरीरधारी नहीं कहा जा सकता—उनमें किसी प्रकार का अभिमान नहीं होता। वे कर्म करते हुए भी कोई कर्म नहीं करते। ऐसे ही वे भक्त भी जिन्होंने सर्वथा अपने को भगवान् के प्रति निवेदित या समर्पित कर दिया है शरीरधारी नहीं हैं क्योंकि वे अहंकार शून्य होते हैं। अतः इन दोनों प्रकार के व्यक्तियों के विषय में कोई प्रश्न नहीं उठता। प्रश्न तो उन अहंकारी शरीरधारी जीवों के लिए है जो बंधन से बचना चाहते हैं किंतु कर्महीन नहीं हो पाते। क्या ऐसे जीवों के कल्याण का कोई उपाय है ?

इसी प्रसंग में भगवान् कृष्ण का कहना है कि कर्मों को यदि कौशल पूर्वक किया तो वे बंधन कारक नहीं होते। वह कौशल क्या है ? यहाँ पर पहले हम यह विचार करें कि हम कर्म करते क्यों हैं ? साधारणतया प्रत्येक कर्म के पीछे दो भाव बने रहते हैं—एक तो यह कि मैं कर्त्ता हूँ और दूसरे यह कि मैं भोक्ता हूँ। उदाहरणार्थ अर्जुन के मन में था कि वह राज्य सुख लोभ से स्वजनों को मारने के लिए उद्यत है। अतः जब तक मनुष्य कर्त्तृत्वाभिमान और भोक्तृत्वाभिमान से युक्त होकर कर्म करेगा उसे बंधन अवश्य होगा। किंतु कर्म के लिए तो कर्त्तृत्वाभिमान आवश्यक जान पड़ता है। जब तक हम अपने को कर्त्ता नहीं समझेंगे तब तक कर्म मार्ग पर अग्रसर कैसे होंगे ? किंतु क्या कर्म के लिए भोक्तृत्वाभिमान भी उतना ही आवश्यक है ? ज्ञानमार्गी तो यह कहकर कि आत्मा न कर्त्ता है न भोक्ता है छुट्टी ले लेते हैं, किंतु यह तो उच्चकोटि के अधिकारी का मार्ग है, साधारण व्यक्ति के लिए नहीं। साधारण व्यक्ति तो क्रमशः मार्ग पर अग्रसर होता है। ऐसे व्यक्ति के लिए भगवान् ने कहा है कि यदि कर्त्तृत्वाभिमान नहीं छूटता है तो उसे रहने दो परंतु भोक्तृत्वाभिमान छोड़ कर कर्म करो तो कर्म बंधन कारक नहीं होंगे। यहाँ कुछ लोग आपत्ति करते हैं कि जैसे कर्त्तृत्वाभिमान बिना कर्म नहीं हो सकते वैसे ही भोगेच्छा बिना भी कर्म में प्रवृत्ति नहीं हो सकती। यहाँ लोग दो बातें भूल जाते हैं। एक तो यह कि यदि भोगेच्छा से मुक्ति नहीं है तब तो बंधन से बचने की प्रवृत्ति भी नहीं होगी। बंधन से बचने की इच्छा का अर्थ ही यही है कि मनुष्य संसार में नहीं आना चाहता या संसार सुख भोगना नहीं चाहता। अतः यदि किसी को बंधन से बचने की इच्छा है तो उसका अर्थ यही होगा कि भोगेच्छा से वह कम-से-कम कुछ अंश तक मुक्त है। अतः ऐसा व्यक्ति भोगेच्छा बिना कर्म में प्रवृत्त हो सकता है। दूसरी बात जो लोग भूल जाते हैं वह यह है कि भोगेच्छा के अतिरिक्त भी कर्म में प्रेरित करने वाली अन्य प्रेरणायें भी हैं जैसे कर्म को केवल कर्त्तव्य भावना से करना एक प्रेरणा है, कर्म को भगवद् प्रसन्नता के लिए करना दूसरी प्रेरणा है। अर्थात्

निष्काम कर्म का अर्थ यह नहीं है कि कर्म करने की कोई प्रेरणा ही नहीं होती, बलिक यह है कि भोगेच्छा के अतिरिक्त कर्त्तव्य भावना या ईश्वर-प्रसन्नता कर्म का प्रेरक हो सकती है। बिना प्रेरणा के कर्म नहीं हो सकता यह सही है परंतु यह सही नहीं है कि बिना भोगेच्छा रूपी प्रेरणा के कर्म नहीं हो सकता है। भगवान् ने एक प्रेरणा की जगह दूसरी प्रेरणा का आश्रय लेने को कौशल कहा है क्योंकि इससे कर्म भी होता रहता है और बंधन भी नहीं होता। जहर को इस प्रकार पीना कि मृत्यु न हो, कौशल नहीं तो क्या है ?

अतः कर्म में कौशल जो योग है वह निष्काम कर्म है। निष्काम कर्म की ओर तब तक प्रवृत्ति नहीं हो सकती जब तक मानव हृदय में यह बात न बैठ जाय कि उसे बंधन से छुटकारा पाना है और बंधन सकाम कर्म करने से होता है। इस प्रकार निष्काम कर्म करने का भी अधिकारी होना पड़ता है। यह मार्ग भी सर्व साधारण के लिए नहीं है, निष्काम कर्म संत का सौदा नहीं है। मुमुक्षु होना नितांत आवश्यक है। बिना मुमुक्षु हुए कोई भी आध्यात्मिक साधन अपनाया नहीं जा सकता।

एक प्रश्न और विचारणीय है। कहा जा सकता है कि निष्काम कर्म करने से भोक्तृत्वाभिमान भले क्षीण हो जाय कर्तृत्वाभिमान तो बना ही रहेगा। बिना कर्त्तृत्वाभिमान के गये मुक्ति कैसे मिलेगी ? बात यह है कि भोगेच्छा या फलासक्ति के क्षीण होने से बुद्धि शुद्ध हो जाती है क्योंकि बुद्धि को भोगेच्छा या काम ही आच्छादित कर उसका ज्ञान हर लेता है (कामैस्तैस्तैर्हृतज्ञानाः) और बुद्धि ज्ञान के योग्य नहीं रह जाती है। अतः जब काम या फलासक्ति का नाश हो जाता है तब बुद्धि में क्रमशः इस ज्ञान का उदय होता है कि मैं कर्त्ता भी नहीं हूँ। वास्तविक कर्त्ता या तो प्रकृति के गुणों को कहना चाहिये या प्रकृति के प्रेरक जगन्नियंता ईश्वर को। ऐसा ज्ञान होने पर कर्तृत्वाभिमान भी चला जाता है और मुक्ति मिल जाती है। भक्ति मार्ग में प्रारम्भ से ही ईश्वर को ही कर्त्ता मान कर चलना आवश्यक होता है। अतः भक्ति मार्ग में पहले कर्तृत्वाभिमान जाता है और तब भोक्तृत्वाभिमान। इसी से आर्त और अर्थार्थी को भी भक्त कहा गया है। परंतु ज्ञान मार्ग में पहले भोक्तृत्वाभिमान का नाश या वैराग्य आवश्यक होता है और उसके बाद कर्त्तृत्वाभिमान जाता है।

एक बात और। फलासक्ति या भोगेच्छा जाय कैसे ? आदमी सुख की इच्छा से विमुख कैसे हो ? इसके लिए एक ही उपाय है—वह यह है कि सुख को भी दुःख समझा जाय। दुःख सबको त्याज्य है। परंतु सुख को हम त्यागना नहीं चाहते। परंतु यदि सुख भी दुःख रूप दीखेगा तो वह भी त्याज्य होगा। परंतु सुख को दुःख रूप से कैसे देखा जाय ? यह तभी संभव होता है जब हम सुख को दुःख योनि या दुःख का कारण समझें अर्थात् सुख और दुःख को समान समझा जाय—दोनों हेय हैं। (सर्वं दुःखं विवेकिनः) दुःख-सुख की समानता को भी समत्व कहा जा सकता है। लेकिन गीता में समत्व का अर्थ है द्वन्द्वों में समान रूप से स्थिर रहना—न दुःख से क्षोभ न सुख से प्रसन्नता। इस प्रकार का समत्व तभी आता है जब मन में भोगेच्छा का अभाव होता है, तभी निष्काम कर्म हो पाता है। इसी से दोनों परिभाषाओं का परस्पर संबंध है। बल्कि इस प्रकार कहा जा सकता है कि समत्व बुद्धि के साथ कर्म करना ही कर्मों को कौशल पूर्वक करना कहा जाता है। वही योग है, उसी से मुक्ति मिलती है।

गीता का समन्वय-योग

[श्री कलानाथ शास्त्री]

भारतीय वाङ्मय में दार्शनिक चिन्तन के सर्वोत्कृष्ट प्रतीक के रूप में उपनिषदों का जो महत्व है उसका पूरा प्रतिबिम्ब गीता में मिलता है। इसीलिए, यद्यपि गीता को पूरी तरह उपनिषदों की संख्या में शामिल नहीं किया जाता किन्तु, उसका दार्शनिक पक्ष समस्त उपनिषदों के निष्कर्ष और सार के रूप में सर्वोत्कृष्ट माना जाता है। उपनिषदों की शृंखला में अन्तिम और सर्वाधिक महत्वपूर्ण ग्रंथ के रूप में गीता के अवदान "योग" के बारे में यहाँ चर्चा करना युक्तिसंगत होगा।

जिस समय वेदों के तार्किक और वैज्ञानिक चिन्तन तथा कर्मकाण्ड के प्रभुत्व के बाद आध्यात्मिक चिन्तन का युग शुरू हुआ तो उपनिषदों ने सारे सृष्टि प्रपंच के पीछे एक आध्यात्मिक रहस्यमय सत्ता का चिन्तन शुरू किया। सारे दृश्य जगत् के मूल में जो परम सत्ता है उसका विवेचन कर उसे 'ब्रह्म' का नाम दिया गया। वेदों के 'कर्मवाद' के बाद उपनिषदों का यह 'ज्ञानवाद' विश्व में इतना विख्यात हुआ कि सारे चिन्तक जगत् में ब्रह्म की धूम मच गई। वेदों से भी अधिक वेदान्त के अध्यात्म का प्रभाव विश्व पर पड़ा। वेदों और वेदान्तों के समस्त चिन्तन और जीवनदर्शन की अनेक धाराएँ थीं, अनेक स्थापनाएँ और दार्शनिक शाखाएँ चल रही थीं। इन सबका सारोद्धार और समन्वय आवश्यक लग रहा था। उसी समय घोर आंगिरस ने सबका समन्वय करके एक ऐसे जीवनदर्शन की अवतारणा करना चाहा जो व्यावहारिक रूप से सबके लिए सुबोध और अनुसरणीय हो। इस जीवनदर्शन को द्वैपायन कृष्ण ने महाभारत के युद्ध में कृष्ण के मुख से अर्जुन को कहलवाया। उन दिनों उपनिषदों का जो महत्व था उसे देखते हुए इस गीता को इसीलिए 'भगवद्गीतासु उपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायाम् योगशास्त्रे' (प्रत्येक अध्याय में) कहा गया है। अर्थात्—कृष्ण ने सारी उपनिषदों और ब्रह्म विद्या का सार 'योगशास्त्र' के रूप में कह दिया। यह योगशास्त्र क्या है? समस्त चिन्तन पद्धतियों जिनमें कर्म-मार्ग, ज्ञान-मार्ग और भक्तिमार्ग तीनों आ जाते हैं, का समन्वय ही कृष्ण का योगशास्त्र है।

इस प्रकार सारी उपनिषदों का चिन्तन गीता में समाहित है। इस प्रतीक को बहुत छोटे रूप में इस एक श्लोक में बताया गया है—

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्॥

सारी उपनिषदें गायें हैं। उनका सार कृष्ण ने दुह लिया। जो बहुत अर्से तक गाय चराता रहा उससे अच्छा दुहनेवाला भला कौन हो सकता है? एक अच्छे ग्वाले की तरह उन्होंने पहले का दूध अर्जुन को पिलाया और बाद के दूध से सारे ज्ञानी लाभान्वित हो रहे हैं। कृष्ण इसीलिए जगद्गुरु हैं। उन्होंने कोई नया पंथ नहीं चलाया, सारे पंथों का समन्वय करके रख दिया। इसीलिए यह गीता एक ऐसा समुद्र है जिसमें जो कोई, जो चाहता है, पा लेता है। इसमें से भक्ति के आचार्यों ने भक्तिमार्ग पाया, तिलक ने कर्मयोग पाया, अरविन्द ने ज्ञान-योग पाया और गांधीजी ने अनासक्ति और अहिंसा का संदेश। इसमें भक्ति भी है, शरणागति भी है, कर्मयोग भी है और सच्चे अर्थों में जीने की कला भी सिखायी गई है। दर्शन की व्यावहारिक जीवन में अवतारणा ही गीता का योग है।

कर्मयोग : —यही कारण है कि गीता के उपदेश आज ही नहीं प्रत्येक देश और प्रत्येक समय में खरे उतरते हैं। गीता का सबसे बड़ा संदेश कर्मयोग माना जाता है। ऐसा लगता है कि उस समय सांख्य योग अर्थात् ज्ञानयोग और कर्मयोग अर्थात् निरन्तर जीवन संघर्ष में प्रवृत्त रहना, इन दोनों में जो द्वैत था उसका समन्वय गीता ने करना चाहा।

कुछ लोग संसार से विमुख होकर एकान्त में ज्ञान की उपासना करने लगे थे। तभी गीता को कहना पड़ा—

न कर्मणामनारम्भान्नैष्कर्म्यं पुरुषोऽश्नुते।
न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति॥

संन्यास मात्र से सिद्धि हो जायेगी, यह बात गलत है। कर्मों से मनुष्य बन्धन में लिप्त होता है, इसलिए कर्म ही नहीं करना चाहिये, यह सिद्धान्त भी गलत है। वेदोक्त सांख्य योग और वेदान्त के कर्म-बन्धन के सिद्धान्त ने समाज में निष्क्रियता ला दी थी। उसके विपरीत कर्मठता का यह संदेश गीता की सबसे बड़ी देन है।

संन्यासः कर्मयोगश्च निश्रेयसकरावुभौ।
तयोस्तु कर्मसंन्यासात् कर्मयोगो विशिष्यते॥

संन्यास और कर्मयोग दोनों ही कल्याणकारी हैं किन्तु इनमें से कर्मयोग श्रेष्ठतर है। इस कर्मयोग का विवेचन गीता में बहुत विशद रूप से किया गया है जिसका यह वाक्य तो विश्वप्रसिद्ध हो गया है—

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

जो लोग किसी फल की इच्छा से कर्म करते रहते हैं वे जीने की कला नहीं जानते क्योंकि यदि उन्हें वह फल नहीं मिलता है तो वे कुंठित हो जाते हैं और जीवन संग्राम से विरत हो जाते हैं। सही दृष्टिकोण यह है कि बिना फल की इच्छा के काम में लगे रहना चाहिये। किन्तु कर्म क्या है और अकर्म क्या है, इसका विवेक बहुत आवश्यक है। इस प्रकार एक सामान्य नागरिक को गीता जहाँ कर्मठता की शिक्षा देती है वहाँ बुद्धिजीवियों को वह संपूर्ण भारतीय दार्शनिक चिन्तन का सार बतलाते हुए तत्व चिन्तन और ज्ञान समुद्र के अवगाहन का संदेश भी देती है।

'नहि ज्ञानेन सदृशम् पवित्रमिह विद्यते'

भक्तियोग : —यह गीता का घण्टाघोष है। विद्वानों का मानना है कि गीता के १८ अध्यायों में से पहले ६ कर्मयोग के, दूसरे ६ भक्तियोग के और तीसरे ६ ज्ञानयोग के प्रतिपादक हैं। जिन नागरिकों को कर्म और ज्ञान दोनों भारी पड़ते हैं उनके लिए सीधा-सा मार्ग भक्ति बतलाया गया है। जीवन के संघर्ष में 'किंकर्तव्य विमूढ़' हो जाने पर एक निःसहाय व्यक्ति को जब और कोई सहारा नहीं मिलता तो किसी आराध्य के प्रति समर्पित होकर उसकी प्रसन्नता के लिए कर्म करने का सिद्धान्त उसे जीवनशक्ति दे सकता है। भक्ति और शरणागति के सिद्धान्त इसी कारण मध्यकाल में इस देश में बहुत लोकप्रिय हुए। आज भी इस देश के लाखों लोग किसी न किसी आराध्य को सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर अपने आप को धन्य मानते हैं। भक्ति की यह धारा अपेक्षाकृत अर्वाचीन मानी जाती है। इसीलिए कुछ विद्वान् गीता को भी अर्वाचीन मानते हैं। भक्ति मार्ग के प्रवर्तक सभी आचार्यों ने गीता को भक्ति का प्रतिपादक शास्त्र मानकर उस पर अपने-अपने भाष्य लिखे हैं। इसके दो श्लोक भक्तों के लिए वेदवाक्य के समान हैं :—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

यदि तुम्हें धर्म के विविध पंथों से किंकर्तव्यविमूढ़ता हो रही हो तो सभी को छोड़कर मेरी शरण में आ जाओ। उससे तुम्हें कोई पाप नहीं लगेगा। भक्ति का मूल सिद्धान्त यह है कि तुम्हारा आराध्य अत्यंत दयालु और पिता की तरह स्नेह करने वाला है। जीवन में जो कुछ भी होता है, सब उसका किया हुआ है। तुम्हारा भला वही सोचता है, वह कभी बुरा नहीं करेगा। इस धारणा से न जाने कितने लाखों व्यक्तियों को सम्बल मिला है। 'जो मेरा अनन्य भक्त है उनका योगक्षेम मैं ही चलाता हूँ—' यह वाक्य भक्तों का कण्ठहार बन गया है :—

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

कट्टर धार्मिकों ने अनेक बार ऐसी धाराएँ भी चलाई थीं जिनके अनुसार तथाकथित धर्म के विपरीत आचरण करने वाले लोगों को पतित, बहिष्कृत और पापी करार दिया जाता था। स्त्रियों, शूद्रों और नीचे तबके के अनेक व्यक्तियों को नीची दृष्टि से भी देखा जाने लगा था। इस प्रकार की सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध गीता ने आवाज उठाई। कृष्ण ने कहा है कि एक बार पाप करके पतित कहलाने वाला व्यक्ति भी यदि सच्चे मन से पश्चात्ताप करे और मेरी शरण में आ जाय तो मैं उसे शान्ति देता हूँ और अच्छी गति देता हूँ।

धर्म और आचार के मार्गों ने समाज में जो वर्गभेद की धारा बहायी उसे भक्ति मार्ग ने फिर एकता के सूत्र में बाँधने का प्रयत्न किया। इस प्रयत्न के चिन्ह भी गीता में स्पष्ट परिलक्षित होते हैं।

व्यावहारिक जीवनदर्शन :—भारतीय दर्शन की एक उपलब्धि है आत्मा के अविनाशी, शाश्वत और नित्य होने का सिद्धान्त तथा शरीर के नश्वर और क्षण-भंगुर होने पर भी एक अविनाशी परम सत्ता की धारणा। गीता ने इस सिद्धान्त को बहुत सरल शब्दों में समझाया है। शरीर में व्याधि भी होती है, बुढ़ापा भी आता है और मृत्यु भी। यह सांसारिक शाश्वत चक्र है। शरीर बदलता रहता है, आत्मा अमर रहती है। जैसे हम पुराना कपड़ा छोड़कर नया कपड़ा बदलते हैं वैसे ही एक शरीर छोड़कर आदमी दूसरा शरीर धारण करता है :—

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि
संयाति नवानि देही।

इस प्रकार के उपदेशों से सैकड़ों वर्षों से विपत्ति में मनुष्य को धीरज बंधाया जाता रहा है किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि गीता में केवल परमार्थ की बातें ही समझाई गई हैं। इसमें दैनिक जीवन के व्यवहार के भी ऐसे अनेक अमूल्य उपदेश हैं जो सम्यक् जीवन के लिए शाश्वत प्रेरणा दे सकते हैं। यहाँ तक कि किस प्रकार का अन्न खाना चाहिये, किस प्रकार के भोजन से कैसी बुद्धि उपजती है, लोगों से व्यवहार करते समय कैसी भाषा बोलनी चाहिये, यह सब भी सरल शब्दों में बतलाया गया है। केवल पहाड़ की गुफा में बैठकर ही तपस्या नहीं की जाती बल्कि जीवन में तन-मन और वाणी से भी तपस्या की जाती है। किसी को पीड़ा न पहुँचे, इसका ध्यान रखते हुए सत्य और प्रिय वाणी बोलना और ज्ञानियों के वाक्य का आधार लेकर बोलना, वाणी का तप बतलाया गया है। मन में सदा शांति और सफाई रखना, कम बोलना और किसी के प्रति दुर्भाव न रखना मानस-तप बतलाया गया है। इस प्रकार के अनेक तप, जीवन में व्यावहारिक मार्गदर्शन करते हैं। यही व्यावहारिक मध्यम मार्ग गीता का योगशास्त्र है। सार्वजनिक कार्यों में लगे नेताओं के लिए भी गीता में बहुमूल्य संदेश हैं। सार्वजनिक नेताओं के आचरण में स्वच्छता की आवश्यकता गीता ने स्पष्ट बतलाई है और ऐसे आचरण को ही सार्वजनिक क्षेत्र में सफल माना है जिसकी ओर लोग उँगली न उठा सकें। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि जिस समय गीता का प्रणयन हुआ था उस समय तक जो भी चिन्तन धाराएँ और ज्ञान-सामग्री इस देश में विद्यमान थी उन सबका सार गीता में इस ढंग से उतार कर रख दिया गया है कि वह जीवन के व्यवहार में उपयोगी हो सके और जिज्ञासु को सभी दार्शनिक धाराओं का परिचय सरलता से प्राप्त हो सके। यही कारण है कि गीता को सारे उपनिषदों और ब्रह्म सूत्र के समकक्ष रखकर विद्वानों ने इसे बहुत बड़ा आदर दिया है। यद्यपि यह एक पुराने (महाभारत) का एक हिस्सा है फिर भी इसका नाम प्रस्थानत्रयी में आता है, अर्थात् भारतीय दर्शन के तीन आधार स्तम्भ माने गये हैं—उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र और गीता। इसका कारण यही है कि वेदों के कर्मवाद, उपनिषदों के ज्ञानवाद और परवर्ती भक्तिवाद तीनों को समाज के व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार उतारा जाय इसका समन्वय कर गीताने इस अनुवचन (अनुवाक) को योगशास्त्र का नाम दिया। ब्रह्म विद्या और सांख्ययोग का अनुशीलन करके भी योगी निष्काम कर्म द्वारा ही सच्ची सिद्धि प्राप्त कर सकता है, यह समन्वय योग गीता की एक अनूठी देन है। विभिन्न चिन्तन-धाराओं का यह 'योजन' (युजिर् योगे) गीता के महत्त्व की प्रमुख आधार भित्ति है।

सांख्य और योग

[श्री सन्तशरण वेदान्ती]

महाभारत में सांख्य और योग का उपयोग एक ही पूर्ण इकाई के दो पूरक अंशों के रूप में किया गया है और ये क्रमशः दर्शन तथा धर्म के प्रतीक हैं। प्रारम्भिक ग्रन्थों में योग के सिद्धान्त सांख्य के विचारों के साथ ही मिलते हैं। योग दर्शन भगवान् पतंजलि मुनि कृत है और सांख्य भगवान् कपिल मुनि कृत है। योग दर्शन में प्रकृति, महत्तत्व, अहंकार, पंचतन्मात्र, एकादश इन्द्रिय, पंचमहाभूत, पुरुष ईश्वर के भेद से छब्बीस पदार्थ माने जाते हैं। सांख्य में ईश्वर स्वीकृत नहीं, अतः उनके मत में पच्चीस ही पदार्थ हैं। दोनों के मत में पुरुष अर्थात् जीवात्मा भोक्ता है; कर्ता नही और प्रकृति कर्त्री है भोक्त्री नहीं। यद्यपि सुख दुःख साक्षात्कार रूप भोग महत्तत्व बुद्धि में है, अपरिणामी पुरुष में नहीं, तथापि पुरुष अविवेक से बुद्धि को अपना स्वरूप मानता है। जैसे जवा कुसुमगत रक्तिमा स्फटिक में भासती है, वैसे ही बुद्धिगत क्लेशादि तथा सुख दुःख भोग पुरुष में कल्पना से प्रतीत होते हैं, वास्तविक नहीं। अतएव पुरुष भोक्ता माना जाता है, स्वरूप से नहीं।

योग दर्शन के अनुसार शुद्ध चेतन भाया संज्ञक विशुद्ध सत्व स्वरूप चित्त रूप उपाधि को धारण करने से ईश्वर कहा जाता है और वही संसार तथा वेद का निर्माण करता है। अतः सर्वज्ञ तथा यथार्थ वक्ता ईश्वर निर्मित वेद होने से सत्य अर्थ का बोधक वेद सर्वथा प्रमाण है। सांख्य मताव-लम्वी ईश्वर को नहीं मानते हैं और कहते हैं कि **'स सर्वज्ञः सर्वज्ञवित् स हि सर्ववित् सर्वस्य कर्ता'** इत्यादि श्रुतियों में जो सर्वज्ञ तथा सर्वकर्ता प्रतिपादित है वह युक्त पुरुष की प्रशंसा मात्र है अथवा योगाभ्यास रूप उपासनादि सिद्ध योगियों की स्तुति मात्र है। उनके मत में उक्त श्रुतियाँ अर्थवाद होने से ईश्वर के सद्भाव में प्रमाण नहीं। अतएव सांख्य मत में पच्चीस ही पदार्थ माने जाते हैं, योगमतानुसार छब्बीस पदार्थ नहीं। यहाँ पर ईश्वर के सद्भाव में वेद प्रमाण और वेद के प्रामाण्य में ईश्वर हेतु होने को एक दूसरे की पूरकता को भाष्यकार ने इस तरह सिद्ध किया है जैसे आयु-र्वेद ईश्वर रचित है, उसमें रोग, उसका निदान उसकी निवृत्ति के उपाय और औषधि आदि का निरूपण है। उन औषधियों के सेवन से रोग की निवृत्ति प्रत्यक्ष दृष्ट होने से उसके प्रामाण्य में किसी को सन्देह नहीं। केवल अलौकिक दिव्य पदार्थ बोधक वेद भाग में ही प्रामाण्य सन्देह हो सकता है और यह सन्देह तभी तक रह सकता है जब तक उसके वक्ता में भ्रम, प्रमाद आदि पुरुष दोष रहितत्व तथा सर्वज्ञत्व आदि का निश्चय न हो। जब आयुर्वेद भाग को देखने से यह निश्चय हो चुका कि इसका निर्माता यथार्थ वक्ता एवं सर्वज्ञ है, अतएव आयुर्वेद प्रमाण है, तो उसके निर्मित अन्य भाग में भी स्थालीपुलाकन्याय से प्रामाण्य निश्चय होने से उससे सम्बन्धित सन्देह की निवृत्ति हो जाती है। अतः ईश्वर के सद्भाव में वेद प्रमाण हो सकता है।

सूक्ष्म विवेचन से पता चलता है कि ईश्वर के खण्डन में सांख्य का तात्पर्य नहीं है, जैसे मीमांसक लोग यदि ईश्वर मानें तो बुद्ध को ईश्वर का अवतार मानना पड़े और उनके द्वारा की हुई वेद तथा यज्ञादि की निन्दा को भी प्रमाण भूत मानना पड़े। अतः ईश्वर को अस्वीकार करने से यह सब मानना नहीं पड़ता है, वैसे ही यदि सांख्य मत में भी ईश्वर माना जाय तो तत्प्रदत्त भोग में राग होने से वैराग्य की सिद्धि नहीं होगी। समाधि सिद्ध न होने से सत्वपुरुषान्यथा-ख्याति रूप विवेक ज्ञान न होगा और विवेक ज्ञान न होने से योगी को कैवल्य प्राप्ति मोक्ष नहीं होगा। इसी अभिप्राय से सांख्य मत में ईश्वर का स्वीकार नहीं। वस्तुतः न्याय

वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा तथा वेदान्त ये षड्दर्शन ईश्वर को मानने से ही आस्तिक दर्शन कहे जाते हैं। नहीं तो जैन, बौद्ध दर्शन के समान सांख्य दर्शन को भी वेद वाह्य ही मानना पड़ेगा।

प्रकृति के विकास के विषय में योग का मत है कि विकास की दो समानान्तर पद्धतियाँ हैं जो महत् से आरम्भ करती हैं और एक पक्ष में अहंकार, मन, पाँच ज्ञानेन्द्रियों तथा पाँच कर्मेन्द्रियों के रूप में विकसित होती हैं तथा दूसरे पक्ष में पाँच सूक्ष्म तन्मात्राओं द्वारा पांच महाभूतों में विकसित होती हैं। सांख्य में, अहंकार सात्विक रूप में इन्द्रियों को जन्म देता है और तमो रूप में तन्मात्राओं को जन्म देता है और ये दोनों ही महत् में अवरुद्ध रहते हैं। इस प्रकार सांख्य और योग का विकास विषयक यह भेद कुछ अधिक गंभीर नहीं है। हम देखते हैं कि योग सांख्य प्रतिपादित तीन आभ्यन्तर इन्द्रियों को 'चित्' का नाम देता है। यह अहंकार और मन को बुद्धि से पृथक् नहीं समझता। इन्द्रियों को भी यह स्वरूप में भौतिक ही मानता है और इसलिये सूक्ष्म शरीर मानने की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। योग दर्शन के अनुसार मनुष्य प्रकृति के इतना अधीन नहीं है जितना कि सांख्य के अनुसार है। उसे अधिक स्वातंत्र्य प्राप्त है और ईश्वर की सहायता से वह अपनी मुक्ति प्राप्त कर सकता है। सांख्य और योग दोनों में ही एक समान जन्म का चक्र अपने नाना दुःखों के साथ एक ऐसा विषय है जिससे छुटकारा पाना है। जहाँ सांख्य के मत में ज्ञान ही मोक्ष का साधन है वहाँ योग दर्शन चित्त की एकाग्रता तथा क्रियात्मक प्रयत्न पर बल देता है। इस प्रकार जहाँ सांख्य तार्किक अन्वेषण में व्यग्र है वहाँ योग भक्ति परक साधनाओं के स्वरूप तथा मानसिक निग्रह का विवेचन करता है।

आज के युग में पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज योग और सांख्य के मूर्तिमान रूप हैं। पूज्य की ७१वीं जयन्ती के पावन उपलक्ष्य में हम उनको शतशः प्रणाम करते हैं और आशुतोष भगवान् शंकर से प्रार्थना करते हैं कि पूज्य श्री चरण को चिरायु प्रदान करें।

योग--एक विवेचन

[ब्रह्मचारी श्री आत्मचैतन्य]

योग शब्द का प्रयोग नाना अर्थों में होता है। योग ईश्वर के सान्निध्य में पहुँचने, एक ऐसी शक्ति के साथ जो सम्पूर्ण जगत् का शासन करती है, सम्बन्ध जोड़ने और परम सत्ता को स्पर्श करने का नाम है। यह न केवल आत्मा की किसी विशेष शक्ति को अपितु हृदय, मन एवं इच्छा की समस्त शक्तियों को ईश्वर के अधीन कर देता है। यह मनुष्य का अपने को गम्भीरतम तत्व के साथ संयुक्त कर देने का प्रयत्न है। हमें आत्मा के सम्पूर्ण सन्तुलन को परिवर्तित करने, एक निरपेक्ष तथा दृढ़ भाव में लाने एवं शक्ति और सुख की प्रतिरोध शक्ति को विकसित करने की आवश्यकता है। इस प्रकार योग से तात्पर्य उस आत्म नियंत्रण से है जिसके द्वारा हम संसार के आघातों को सहन करने के लिए अपने को अभ्यस्त बना सकें और हमारी आत्मा के मुख्य अस्तित्व पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ सके। भारत में साधारणतः यह स्वीकार किया जाता है कि मानसिक अवस्थाओं का नियन्त्रण होने पर जब इन्द्रियों के अनुभव विरत हो जाते हैं तो अनुभवात्मक आत्मा निम्न श्रेणी में पहुँच जाती है और विश्वात्मा की आभा प्रकट होती है। उपनिषदों में इसे ब्रह्म के साथ योग अथवा ब्रह्म साक्षात्कार के रूप में प्रतिपादित किया है। बौद्ध धर्म में इसका नाम बोधि-सत्व की प्राप्ति है।

महर्षि याज्ञवल्क्य ने **'संयोगो योग इत्युक्तो जीवात्मपरमात्मनोः'** वाक्य से जीवात्मा और सर्वोपरि आत्मा के समानरूपत्वात्मक संयोग को योग कहा है और महर्षि पंतजलि 'चित्तवृत्तिनिरोध' को योग कहते हैं। यहाँ पर दोनों महर्षियों के कथन में विरोध होता है। लेकिन उत्तर सरल है कि जब तक 'चित्तवृत्ति का निरोध' न हो,,तब तक जीवात्मा का परमात्मासमानरूपत्व होना असम्भव है। प्रकृत योग शब्द का अर्थ संयोग नहीं हो सकता, क्योंकि जीवात्मा और परमात्मा के संयोग में कोई कारण नहीं है। प्रकृत में जीवात्मा और परमात्मा ये दोनों व्यापक हैं। व्यापक में चलनादि क्रिया नहीं रहती और बिना क्रिया के संयोग हो ही नहीं सकता। यदि जीवात्मा और परमात्मा का नित्य संयोग ही मान लें, इसमें कारणान्तर की अपेक्षा नहीं, तो इस पर यही कहा जाता है कि व्यापक द्रव्यों के साथ संयोग किसी प्रकार का होता ही नहीं। नैयायिक और वैशेषिक भी दो व्यापक पदार्थों के संयोग का खण्डन करते हैं। घट या पट का आकाश के साथ जो संयोग है उसको नित्य मानना सब शास्त्र और युक्ति के विरुद्ध है। यदि संयोगी नित्य भी हो, परन्तु परिच्छिन्न हो तो भी उसका संयोग अनित्य देखा जाता है। जैसे दो परमाणुओं का जो संयोग है वह अनित्य ही है। यदि दोनों संयोगी में एक विभु भी है, तो संयोग अनित्य ही होता है। तत् प्रदेश में नवीन-नवीन संयोग उत्पन्न होने से वह कार्य अनित्य रहता है। जैसे आत्मा और मन का संयोग। यह तत् आत्म प्रदेश में नवीन-नवीन उत्पन्न होता रहता है। यदि संयोगी को नित्य और व्यापक मानें तो उन दोनों विभु पदार्थों का भी संयोग नित्य हो सकता है। परन्तु वह संयोग भी सदातन नित्य ही होगा। इस स्थिति में प्रकृत अर्थ जो जीवात्मा और परमात्मा है वह सदातन नित्य है, इसलिए इनका संयोग भी सदातन नित्य ही होगा। इस परिस्थिति में जीवात्मा और परमात्मा के संयोग के उद्देश्य से जो योग शास्त्र का अनुशासन किया जाता है, वह व्यर्थ हो जायेगा। अतः जीवात्मा परमात्मा का संयोग योग का लक्षण नहीं है, किन्तु फल है। लक्षण तो चित्तवृत्तिनिरोध है, इसलिए विरोध नहीं। योग वैशारदीकार श्री वाचस्पति मिश्र के मत में **'निरोध क्लेशादि नाश का हेतु'** योग है। उन्होंने क्षिप्तादि अवस्था के निरोध में अति-व्याप्ति और एकाग्र अवस्था के निरोध अर्थात् सम्प्रज्ञात में अव्याप्ति का उद्धार किया है। योग वार्तिककार श्री विज्ञान भिक्षु ने **'योगश्च चित्तिवृत्तिनिरोधः'** सूत्र के आगे वाले सूत्र **'तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्'** इस सूत्र के साथ एक वाक्यता करके अर्थ किया है कि जो निरोध द्रष्टा पुरुष की स्वरूपावस्थिति का हेतु हो वह योग है। क्षिप्तादि अवस्था के जो निरोध हैं वे द्रष्टा पुरुष की स्वरूपावस्थिति

नहीं, अतः उनमें अतिव्याप्ति नहीं और एकाग्र अवस्था का निरोध जो सम्प्रज्ञात समाधि कहा जाता है वह यद्यपि साक्षात् चिति शक्ति रूप पुरुष की स्वरूपावस्थिति का हेतु नहीं, क्योंकि उस अवस्था में ध्येयाकार वृत्ति विद्यमान है, तथापि तज्जन्य निरुद्ध अवस्था के असम्प्रज्ञात समाधि द्वारा स्वरूपावस्थिति का हेतु है। अतः उसमें भी लक्षण का समन्वय होने से अव्याप्ति नहीं है। इस प्रकार विज्ञान भिक्षु ने अतिव्याप्ति तथा अव्याप्ति का परिहार किया है। यह भी सार ग्राही दृष्टि से ठीक ही है। क्योंकि योग के दो फल हैं पहला क्लेशादि का नाश और दूसरा चिति शक्ति की स्वरूपावस्थिति। उनमें श्री वाचस्पति मिश्र ने भाष्य के आधार पर प्रथम फल का सम्बन्ध और श्री विज्ञानभिक्षु ने आगे वाले सूत्र के आधार पर दूसरे फल का सम्बन्ध योग को मानकर उक्त दोषों का परिहार किया है। विज्ञानभिक्षु के एकवाक्यता का प्रयोजन परस्पर अन्वय की योग्यता का अभाव होने से आगे वाले सूत्र के साथ एक वाक्यता असंभव है। ऐसा यत्न करने पर भी सम्प्रज्ञात योग में अव्याप्ति दुर्वार है, क्योंकि सम्प्रज्ञात समाधि स्वरूपावस्थिति का हेतु नहीं है। यदि कहें कि असम्प्रज्ञात योग द्वारा सम्प्रज्ञात योग की स्वरूपावस्थिति का हेतु है, अतः अव्याप्ति नहीं तो यह कथन भी **'पिण्डमुत्सृज्य करं लेढि'** न्याय के समान उपहास जनक है। विज्ञान भिक्षु ने भाष्यानुसारी वाचस्पति के सरल मार्ग को छोड़कर इस तरह युक्ति विरहित क्लिष्ट कल्पना की है। भिक्षु जी अपने ग्रन्थ में योग दर्शन को उपनिषदों के दर्शन के समीप लाने का प्रयत्न करते दिखलाई पड़ते हैं।

प्रकृत शास्त्र में योग का लक्षण लिखा है—**'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः'** चित्तवृत्ति निरोध योग है। लेकिन सन्देह उत्पन्न होता है कि पहिले वाले सूत्र में चित्त वृत्ति के निरोध को योग बताया गया है, लेकिन आगे समाधि का भी योग नाम से उल्लेख है। यदि समाधि को चित्तवृत्ति निरोध से भिन्न माना जाय तो स्पष्ट ही पूर्वापर विरोध हो जाता है। यदि चित्त वृत्ति निरोध को ही समाधि मानें तो **'यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोष्टांगानि'** इस पातंजल सूत्र से विरोध हो जाता है। किन्तु समाधान अत्यन्त सरल है कि यद्यपि योग का अंग होने से समाधि योग से वस्तुतः भिन्न है तथापि अंग और अंगी में अभेद का आरोप कर योग और समाधि को भाष्यकार ने एक माना है। वस्तुतः समाधि आठ योगांगों में अन्तिम अवयव है, पतंजलि ने इसी का निरूपण **'तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः'** इस सूत्र से किया है। मतलब जब ध्यान ही ध्येय के आवेश में हो जाता है, उस समय ध्यातृ–ध्यानभाव अत्यन्त शून्य होकर वह केवल ध्येय मात्र का ग्राही हो जाता है। उस समय ध्यान वर्तमान रहता हुआ भी ध्यातृ ध्यान ध्येय विभाग के ग्रहण न करने से स्वरूप शून्य के सदृश हो जाता है। इसी का नाम समाधि है। यही सूत्र लक्षित अन्तिम योगांग है। **'ता एव सबीजः समाधिः'** (यो० सू० १।४६) **'तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिः'** इन दोनों सूत्रों में अंगीभूत योग अर्थ में ही समाधि शब्द का प्रयोग किया गया है। व्यास भाष्य में भी दोनों अर्थ में समाधि शब्द का प्रयोग अनेक स्थलों पर किया गया है। इसलिए **'योगः समाधिः'** यह भाष्य भी संगत हो जाता है।

उपर्युक्त विवेचन से सिद्ध हुआ कि योग की परिभाषा है—**'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः'** चित्त वृत्तियाँ प्रमाण, विपर्यय, विकल्प आदि हैं। इनका निरोध अथवा निवर्तन 'योग' शब्द का अर्थ है। दूसरे शब्दों में भौतिक तथा आत्मिक के भिन्न-भिन्न तत्वों के नियंत्रण द्वारा पूर्णता प्राप्ति के लिए किया गया विधिपूर्वक प्रयत्न ही योग है। महर्षि पतंजलि ने कुछ ऐसे अभ्यासों पर भी जोर दिया है जिनसे शारीरिक चंचलता दूर होकर दीर्घ और स्वस्थ जीवन की प्राप्ति के अनन्तर मनुष्य संयमी जीवन द्वारा मोक्ष का अधिकारी होता है।

आज के युग में मेरे पूज्य गुरुदेव हिरण्यगर्भ, याज्ञवल्क्य, पतंजलि, शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य, निम्बार्काचार्य की गौरवमयी परम्परा की एक अभूतपूर्व कड़ी हैं। योग साधना, यौगिक क्रियाओं द्वारा शरीर इतना निर्मल और पवित्र हो गया है कि पूज्य के प्रत्येक आचरण में स्वाभाविक आकर्षण है। आप न केवल ब्रह्मनिष्ठ महात्मा और अद्वैत वेदान्त के निरुपम विद्वान् हैं वरन् निगूढ़ सिद्धपुरुष भी हैं। पूज्य श्री चरण के जीवन में सभी आस्तिक दर्शनों के सैद्धान्तिक तत्व उनके व्यावहारिक क्षेत्र में उतरे हुए हैं। बालक के सदृश सरल, सूर्य के समान अप्रमादी, सर्वभूतों में करुणापूर्ण, योगाभ्यासियों के लिए महर्षि पतंजलि, तांत्रिकों और जिज्ञासुओं के लिए शंकर आप विश्व की एक दिव्य विभूति हैं। पूज्य श्रीचरण की ७१वीं जयन्ती पर हम उनको शतशः प्रमाण करते हैं एवं भूतभावन बाबा विश्वनाथ से अहर्निश प्रार्थना करते हैं कि पूज्य को चिरायु रखें जिससे हमलोगों को दिशा निर्देश मिलता रहे। ▪

विदेशों में योग—एक अध्ययन

[मनुदेव भट्टाचार्य]

'सन्मार्ग' संस्थापक पूज्यपाद श्रीस्वामी जी के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेषांक के रूप में प्रकाशित हो रहे पत्रिका के लिए सम्पादकजी के आदेशानुसार शीर्षकांकित विषय पर दो शब्द प्रस्तुत करते हुए अपार आनन्द हो रहा है।

मैंने सन् १९७४ में यूरोप के १०,११ देशों की यात्रा की थी। एक वर्ष पर्यन्त मैं विदेश में घूमता रहा। कहना न होगा योग, आसन, प्राणायाम, नेती धोती आदि पाश्चात्य देशों में अत्यधिक प्रचारित हो चुका है। यद्यपि प्रारम्भ में किसी न किसी भारतीय उद्योगशील मनीषी द्वारा ही उपर्युक्त देशों में योग का प्रचार हुआ, परन्तु सम्प्रति तो स्वयं यूरोपीय ही प्रवीण होकर विभिन्न योग केन्द्रों के संस्थापक, संचालक, शिक्षक, व्यवस्थापक उपदेशक आदि बन गए हैं।

जिस प्रकार डा० रौथ और मैक्समूलर वेद में तथा डॉ० जौन उडरफ तन्त्र में प्रथम विदेशी विशेषज्ञ हुए, उसी प्रकार स्वामी योगानन्द जी ने विदेशों में योग का सर्वप्रथम प्रचार किया। कहना न होगा कि स्वामी विवेकानन्द और स्वामी रामतीर्थ ने पाश्चात्य देशवासियों को सर्वप्रथम भारतीय अध्यात्मवाद की ओर आकृष्ट किया था।

इस समय यूरोपीय देशों में कई सामाजिक समस्यायें अंगड़ाई ले रही हैं। जैसे—न्यूडिज्म (नंगापन), इसके शिकार युवक-युवतियाँ सर्वथा वस्त्रहीन होकर खुलेआम सड़कों तक उतर आये हैं। दूसरी—'हिप्पिज्म'। यथेच्छाचारवाद का इससे बढ़कर कोई अन्य दृष्टान्त नहीं हो सकता। तीसरी—पारिवारिक विश्रृंखला। भारतीयों जैसा संघटनात्मक परिवार परिपाटी यूरोपीय देशों में दृगोचर कम ही होता है। इसके अतिरिक्त भांग, चरस, गांजा, अफीम आदि मादक वस्तुओं का यथेच्छ प्रयोग, अत्यधिक मद्यपान, उन्मुक्त यौनस्वातन्त्र्य आदि कई बातें यूरोपीय देशों में घर कर गई हैं। हो सकता है, इन सवों का कोई उपकारक पक्ष भी हो, परन्तु हानि पक्ष तो अधिक एवं सर्वविदित है। ऐसी स्थिति में त्रस्त पाश्चात्त्य समाज 'शान्ति' के लिए बेचैन है। पर मानसिक शान्ति न तो जुओं के अड्डों में, मद्य-मांस सेवन से उन्मुत्त रात्रिक्लबों में या यथेच्छ लूट मार आदि में ही है। अतः पाश्चात्य समाज एक शाश्वत समाधान की खोज में अपने को लगाने के लिए सचेष्ट है। वह समाधान परिपाटी यदि उनकी संस्कृति के अन्तर्गत न भी हो, तो भी उन्हें कोई क्षति नहीं।

इसके दो कारण हो सकते हैं—पहला, उनकी अपनी संस्कृति इतनी पुष्ट न हो या उसमें इस रोग की कोई दवा न हो। दूसरा—मरता क्या न करता। आखिर हमें शान्ति तो चाहिए ही। भले ही भारत की शरण क्यों न लेना पड़े।

सभी समस्याओं के समाधान के लिए समझदार विदेशियों ने भारत की शरण ली। कितनों ने मांसाहार छोड़ दिया। कितनों ने प्याज-लहसुन-गाजर छोड़ दिया। कितनों ने मद्य छोड़ दिया और क्लबों में उन्मत्त होकर नाचना छोड़कर 'हरेराम हरेकृष्ण' में उन्मत्त हो गए। कितनों ने प्राणायाम, योगासन, आरती शुरू कर दी। कुछ लोगों ने एकादशी, गुरुपूर्णिमा, कृष्ण जन्माष्टमी तथा महाशिवरात्रि को स्वीकार कर लिया। यह सब विदेशों में रहने वाले भारतीयों की नहीं, अपितु विदेशियों की मैं बात कर रहा हूँ। केवल सुनी-सुनाई नहीं, अपितु आँखों देखी, स्वयं देखी।

इन सवों के बावजूद मुझे यह कहने में कुछ भी संकोच नहीं है कि पाश्चात्य देशों में उपर्युक्त विषयों का अध्ययन अत्यन्त स्थूल दृष्टि से हो रहा है। कहना न होगा कि योग का रोगनिवृत्ति, ठीक समय पर निद्रा आना, भोजन का उचित मात्रा तथा समय पर परिपाक होना, मानसिक शान्ति प्राप्त करना आदि प्रयोजन आज सर्वत्र और सर्व विदित है।

इनमें अन्तिम प्रयोजन (मानसिक शान्ति) को छोड़कर सभी प्रयोजन अत्यन्त स्थूल होने के साथ-साथ आर्ष दृष्टिकोण से अत्यन्त हास्यास्पद हैं। क्या हमारे त्रिकालज्ञ, सर्ववेत्ता, तत्त्वसाक्षात्कारी महर्षिगण ने निद्राप्राप्ति एवं भोजन हाजमे के लिए ही योग का उपदेश किया है। अवश्य ही ये भी योगाभ्यास के महान् लाभ हैं, परन्तु अन्तिम फल नहीं है।

पाश्चात्य विज्ञान की दृष्टि में गंगा का इतना ही माहात्म्य है कि उसमें कीड़े नही लगते, रुद्राक्ष की यही महिमा है कि 'ब्लडप्रेशर' को ठीक करता है। प्रश्न है कि भगवान् शंकर रुद्राक्ष धारण करते हैं, तो क्या उनको भी ब्लड········? गंगाजी के दर्शन मात्र के लिए वीतराग तपस्वियों ने 'माँ-माँ' कहकर करुण क्रन्दन किया था। फिर आर्ष दृष्टि से 'गंगा' क्या है ?, रुद्राक्ष की क्या महिमा है ?

अवश्य ही उपर्युक्त लाभ भी अनेक आश्चर्यमय हैं, परन्तु इतने मात्र में सन्तोष करना तो 'वृक्ष की उपयोगिता काक महोदयों का बैठना मात्र' से अधिक और कुछ भी नहीं।

'योग' की शास्त्रीय विधाओं का आधुनिक वैज्ञानिक यान्त्रिक परीक्षण भी पाश्चात्य देशों में पर्याप्त हुआ है। श्वास की गति, अधिक कार्यों में भी कम थकावट, मस्तिष्क के तनावों में कमी, दिल की बीमारियों पर प्रभाव आदि महत्त्वपूर्ण अध्यायों पर भी पर्याप्त वैज्ञानिक प्रयोगपरीक्षामूलक प्रौढ़ शोध हो रहा है।

कहना न होगा, उपर्युक्त सभी समस्याओं पर योगाभ्यास का अनुकूल फल ही मिला है।

इतना तो अवश्य ही है कि आज यदि इन शान्तिपूर्ण उपायों का आश्रय नहीं लिया गया होता, तो लक्ष्यहीन यान्त्रिक संस्कृति का भयंकर दुष्परिणाम मानवता को कदाचित् खत्म कर देता।

प्रश्न यह है कि इस प्रकार स्थूल दृष्टि से 'योग' जब सार्वभौम स्तर पर सर्वथा लाभदायी सिद्ध हो रहा है, तब गुरु कृपा को अवलम्बन कर भक्ति, श्रद्धा, विनय के साथ सद्गुरु से दीक्षित होकर यदि योगमार्ग को प्राप्त किया जाय, तो श्रीवामदेव, श्रीशुकदेव, श्रीतैलंग स्वामी, श्री-श्यामाचरण लाहिड़ी, श्रीलोकनाथ ब्रह्मचारी, श्रीविशुद्धानन्द परमहंस, श्रीगोपीनाथ कविराज जैसे योगिराजों की जन्मभूमि भारतवर्ष की उपलब्धियों को कौन गिन सकता है ?

———

रामचरितमानस में योग

[देवकीनन्दन शास्त्री, व्यास]

समाधि को योग कहते हैं। चित्त की विकृतावस्था जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति है और स्वस्थावस्था समाधि है, यथा—

मानस रोग कछुक मैं गाये।
है सबके लखि विरले पाये॥

एक व्याधि बस नर मरहीं, एक साध्य बहु व्याधि।
पीडहिं संतत जीव कह, सो किमि लहहिं समाधि॥

चित्त की वृत्ति दिन-रात इधर-उधर दौड़ा करती है। उन्हें रोकना अर्थात् मन को स्थिर करना समाधि है, यथा—

मनथिरकरि तब शंभु सुजाना। लगे करन रघुनायक ध्याना॥

ध्यान की घनीभूतावस्था ही समाधि है। ऐसी समाधि को सवितर्क समाधि कहते हैं, यथा—

जोगिन्ह परम तत्व मय भाषा। शान्तशुद्ध रस परम प्रकाशा॥

परमात्मा के प्रकाश से जीव को सहज सरूप का साक्षात्कार होता है। यथा—

मम दर्शन फल परम अनूपा जीवपाव निज सहज सरूपा॥

प्राण के जय से मन का जय होता है और मन के जय से प्राण का जय होता है अतः दोनों प्रकार के योगी होते हैं।

जो मन के जय से प्राण का जय करते हैं वे राजयोगी कहलाते हैं, यथा—

जितहु मनहिं सुनिय अस रामचन्द्र के राज।

और प्राण को जय करके मन का जय चाहनेवाले हठयोगी कहलाते हैं। प्राणायाम से प्राण जय होता है, यथा—

जिति पवनमन गोनिरसकरि मुनि ध्यान कबहुंकपावहीं।

अब योग के आठों अंगों का वर्णन किया जाता है—यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा के घनीभूत होने को ध्यान और ध्यान के घनीभूत होने को समाधि कहते हैं। यथा—

मुनिहिं राम बहु भांति जगावा। जागत ध्यान जनित सुखपावा।

इन आठों अंगों में धारणा, ध्यान, समाधि ये तीन यमादि पाँचों की अपेक्षा संप्रज्ञात संप्रतीत समाधि के अन्तरंग है पर निर्वीज समाधि का संप्रज्ञात भी वहिरंग है। निर्वीज समाधि का वर्णन गोस्वामी जी करते हैं—

सकल दृश्य निज उदर मेलि सोवै निद्रा तजि योगी।
सो हरि पद अनुभवै परमसुख अतिशय द्वैत वियोगी॥

यम, नियम नाना प्रकार के बाण हैं। बाण लक्ष्य वेध करता है, भीतर प्रवेश करता है और तीस बाण एक तरकस में रहते हैं जैसा कि पहेली में कहा गया है—

तीस तीर मिलि बिल में बसैं।
पंख नहीं अरु उड़के डसैं॥

धारणा, ध्यान, समाधि—तीनों को इकट्ठा करने को संयम कहते हैं। समाधि जय करने से प्रज्ञालोक होता है। यथा—

तब शंकर देखउ धरि ध्याना। सती जो कीन्ह चरित सब जाना।

यहाँ समाधि के नियमों को बाण कहा और उनकी तीस संख्या कही। विभूति पाद में भी ठीक तीस संख्यक विभूतियाँ हैं, जो संयम से प्राप्त होती हैं और प्रत्येक की प्राप्ति के लिए पृथक् नियम हैं एवं संयम नियम भी तीस ही हैं।

१—सर्वर्थता के क्षय और एकाग्रता के उदय से चित्त का समाधि प्राणायाम होता है। इसी भाँति भूत और इन्द्रियों में धर्म परिणाम, लक्षण परिणाम और अवस्था परिणाम होता है। इन तीनों परिणामों में संयम करने से भूत, भविष्य का ज्ञान होता है—

तुम त्रिकालदर्शी मुनि नाथ। विश्व बदर जिमि तुमरे हाथ॥

२—शब्द, अर्थ के परस्पर अध्यास में संयम करने से सब प्राणियों की बोली का ज्ञान होता है, यथा—

असकहि गरुड़ गीध जब गयऊ।
तिन्हके मन अति विसमय भयऊ॥

३—संस्कारों का साक्षात् करने से पूर्व जन्म का ज्ञान होता है, यथा—

वाल्मीकि नारदघट योनी । निज-निज मुख कहि निज होनी ॥

४—चित्तवृत्ति के संयम से दूसरे चित्त का ज्ञान होता है, यथा—

नाथ भरत कछु पूछन चहही। प्रश्न करत मनसकुचत अहही॥

५—काय रूप के संयम से उसकी ग्राह्य शक्ति के रुकने पर चक्षु के प्रकाश का संयोग न होने से योगी अन्तर्ध्यान होता है, यथा—**अन्तरधान भये अस भाखी—**

६—कर्म दो प्रकार का होता है—एक शीघ्र फल देनेवाला दूसरा देर से फल देनेवाला। उन पर संयम करने से अरिष्टों द्वारा मरने का ज्ञान होता है, यथा—

निकटकाल जेहि आवत साई। तेहि भ्रम होई तुम्हारे नाई॥

७—मैत्री करुणा मुदिता में संयम करने से योगी को मित्रता आदि का बल होता है, यथा—

परदुख द्रवहि सुसंत पुनीता।

८—बलों में संयम करने से हाथी का बल होता है, यथा—

अमित नाग बल विपुल बिसाला॥

९—संयम द्वारा ज्योतिष्मती प्रवृत्ति को जीतकर उसका प्रकाश डालने से सूक्ष्म व्यवहित और विप्रकृष्ट का ज्ञान होता है, यथा—

तब शंकर देखेउ धरि ध्याना। सती जो कीन्ह चरित सबजाना।

१०—सूर्य में संयम करने से भुवन का ज्ञान होता है, यथा—

विश्वबदर जिमि तुम्हरे हाथा।

११—चन्द्रमा में संयम करने से ताराव्यूह का ज्ञान होता है, यथा—

अगणित उठेगन रविरजनीसा।

१२—ध्रुव में संयम करने से उनकी गति का ज्ञान होता है, यथा—

ग्रह भेषज जल पवन पट पाइ कुजोग सुयोग।
होहिं कुबस्तु सुबस्तुजग लखहि सुलच्छन लोग॥

१३—नाभिचक्र में संयम करने से शरीर रचना का ज्ञान होता है, यथा—**नर तन समनहिं कौनउ देही।**

१४—कण्ठकूप में संयम करने से भूख-प्यास की निवृत्ति होती है, यथा—

संवतसप्त सहस्र पुनि रहे समीर अधार

१५—कूर्म नाडी में संयम करने से स्थिरता होती है, यथा—

भूमि न छाडत कपिचरन देखत रिपु मद भाग।

१६—मूर्द्ध ज्योति में संयम करने से सिद्धों का दर्शन होता है, यथा—**नारदादि सनकादि मुनीसा।**

१७—प्रतिभा से सब ज्ञान होता है, यथा—**गुरु विवेक सागर जग जाना।**

१८—हृदय में संयम करने से चित्त का ज्ञान होता है, यथा—

मोहि अतिसय प्रतीति मन केरी।

१९—बुद्धि और आत्मा अत्यन्त भिन्न हैं, उनके भेद रहित बोध से भोग सिद्ध होता है पर यह भोग बुद्धि के लिए है, अपने लिए न जानकर अपने को बुद्धि से पृथक् जानकर संयम करने से आत्मज्ञान होता है, यथा—

मैं तैं भट्क्यो मोह तम ऊगो आतम ज्ञानु।

२०—बंधकारण शिथिल होने से और प्रचार संवेदन से चित्त का परशरीर में प्रवेश होता है, यथा—**तीय अधर बुधिरानि।**

२१—उदान के जीतने से जल, कीच, काँटा आदि से असंग और इच्छा मरन होता है, यथा—**तजौं न तनु निज इच्छा मरना।**

२२—समान के जय से तेज होता है, यथा—**कनक बरन तन तेज बिराजा।**

२३—श्रोत्र और आकाश दोनों के सम्बन्ध में संयम करने से दिव्य श्रोत्र होता है। यथा—

सुनत गिरा बिधि गगन बखानी।

२४—शरीर और आकाश के संबंध में संयम से आकाश गमन होता है, यथा—**गगनोपरि हरि गुनगन गाये।**

२५—अकल्पिता महाविदेहा, जो बाहर की वृत्ति है, उससे प्रकाश के आवरण का क्षय होता है, यथा—

प्रबल अविद्या तम मिटि जाई।

२६—स्थूल स्वरूप सूक्ष्म अन्वय अर्थवत्व में संयम करने से भूत जय होता है, इससे अणिमादिकों की उत्पत्ति और काय संपत होती है, यथा—

सुनतहि भएऊ पर्वताकारा।

२७—ग्रहण स्वरूप अस्मिता अन्वय अर्थवत्व में संयम करने से इन्द्रियों का जय होता है, यथा—

मनोजवं मारुततुल्यवेगं—जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।

२८—सत्व (बुद्धि) और पुरुष भिन्न होने का जिसे ज्ञान है, केवल उसी का सब भावों का अधिष्ठाता होना और सर्वज्ञाता होना सिद्ध होता है—

जो निर्विघ्न पंथ निरवहई। सो कैवल्य परमपद लहई॥

२९—क्षण और उनके क्रमों में संयम करने से विवेकज ज्ञान होता है, यथा—**होई विवेक मोह भ्रम भागा।**

३०—सत्व और बुद्धि दोनों के सम होने से मुक्ति होती है, यथा—**अति दुर्लभ कैवल्य परमपद।**

इस भाँति विषय भेद से संयम नियम भेद भी तीस प्रकार के हैं।

छिपा है योग में–

[अभयनाथ तिवारी]

कल्पना की शक्ति का साधन छिपा है योग में।
अर्चना की शक्ति का साधन छिपा है योग में।

शून्य क्यों बनते हैं हम, आदेश पर आदर्श के,
चेतना की शक्ति का साधन छिपा है योग में।

शोर में गुम हो गए उपदेश के अक्षर मगर—
भावना की शक्ति का साधन छिपा है योग में।

दिग्भ्रमित करने चले हैं पश्चिमी साये हमें—
सान्त्वना की शक्ति का साधन छिपा है योग में।

साधना की शक्तियों को पूजने वालो सुनो—
साधना की शक्ति का साधन छिपा है योग में।

'जोग जोग हम नाहीं'

[भानुशंकर मेहता]

आजकल 'योग' की वड़ी चर्चा है। भारत ही नहीं संसार के अनेक विकसित देशों में भी आजकल **'योगा'** चल रहा है। पिछली सरकार भी **'योगा'** कर रही थी और नयी जनता सरकार भी 'योगा' की ओर उन्मुख है। विशेष रूप से भूतपूर्व और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री भी योग में रुचि ले रहे हैं।

जब श्री कर्ण सिंह केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हुए और यह खवर आम हुई कि मंत्रीजी की योग में वड़ी रुचि है तो सभी तत्काल यम, नियम, आसन, प्राणायाम करने लगे, अपनी आत्मा के उत्थान के लिए नहीं, मंत्रीजी के कृपा कटाक्ष के लिये। अनेक मेडिकल कालेजों में योग के अनुसंधान विभाग खुल गये। खुले ही नहीं, 'योग' पर अनुसंधान होने भी लगा।

अनुसंधान की अलग-अलग विधियाँ हैं। प्राचीन युग में जव शोध करनी होती तो लोग तप करते थे, आत्म चिंतन करते थे और वहुधा उत्तर पा जाते थे। आजकल अनुसंधान के लिए 'प्रयोग' करते हैं, रासायनिक-भौतिक प्रयोग, पशुओं पर प्रयोग, क्लिनिकल प्रयोग इत्यादि। अतः योग पर भी प्रयोग हुए हैं। आसन-प्राणायाम साधने पर शरीर में रक्त-चाप, हृदय की गति, अन्तःस्रावी रसों की मात्रा आदि देखे जाने लगे। जव कोई जोगी योग प्रदर्शन करता—सांस वन्द, नाड़ी वंद, हृदय वंद करता तो क्लिनिकल जाँच होती। जव कोई योगी समाधि लेकर जमीन में गाड़ा जाता तो उस समय जाँच होती है, फिर समाधि टूटने पर जाँच होती है। यह सव **'डाटा कलेक्ट'** करके उसकी **'अनालिसिस'** करते हैं, रिसर्च होती है और तव वताते हैं कि 'योगा' है क्या? फिर रिसर्च जानवरों की ओर मुड़ती है। चूहों को शीर्षासन कराते हैं, गिनिपिग की कुंडलिनी जगाते हैं (विद्युत का झटका देकर), मेंढक की शीत निद्रा में परीक्षा करते हैं और योग का रहस्य खोलने की चेष्टा करते हैं। वड़े पेपर छपते, वड़ा शोर होता, **'योगा'** पर वहुत 'काम' हो रहा है। फिर हेल्थ मिनिस्टर खुश होते और लंबी ग्रान्ट मिलती और योगासनानुसंधान चलता रहता है।

फिर **'प्रैक्टिकल क्लिनिकल ऐप्लिकेशन'** भी होता है। योगा-वार्ड, योगाश्रम खुलते हैं। स्मार्ट यंग मेन और विमेन स्पोर्ट की कास्ट्यूम में साँस खींचने लगे, पद्मासन साधने लगे या कुक्कुट आसन में वैठकर प्रभात को जगाने लगे। अन्यत्र योगा क्लिनिक, योगा सेन्टर खुले जहाँ योगा से डाय-विटीज, कैंसर-हार्ट डिजीज वगैरह 'क्योर' होने लगे। इस प्रकार वर्तमान युग में संसार में योगा खूव उपयोगी सिद्ध हो गया। 'संभोग से समाधि की ओर' की यात्रा का टिकट मिलने लगा।

मगर संपादक जी, हम मूढ़ मानव यह सव हतप्रभ अवाक् देखते रहे कि देखो भाई इस वार ऊधोजी ने वृंदावन में 'योग' फैला ही दिया। किसी ने भी नहीं कहा कि 'पांड, जोग सिखावन आये'! और ठीक भी है अव हम गोपी की तरह गाँव गँवारिन तो रह नहीं गये हैं कि व्यर्थ का भ्रमर गीत गाते। अरे, अव तो हम लोग कैमरा, टेप रेकार्डर, कैसेट और जाने क्या-क्या से लैस होकर तैयार वैठे हैं और वह ऊधो भी पुराने दकियानूसी संदेशवाहक नहीं हैं, वे भी माडर्न हैं। अगर हमलोग योगा के विरुद्ध कुछ टिर्र-पिर्र करते तो उनके पास तगड़े जवाव थे, प्रमाणपत्र और चित्र थे, मूवी थी और सवसे वड़ी चीज थी **'फाइनेंशियल एड'**, क्योंकि हर काम की सवसे वड़ी वाधा यही होती है। उस युग में भी यदि ऊधो व्यर्थ की फिलासफी छाँटने की जगह यह कहते कि जो भी गोपी मेरा योगा इंस्टीट्यूट ज्वायन करेगी उसे एक हजार द्वारका कालर्स का इन्सेंटिव दिया जायगा तो उन्हें निराश होकर लौटना न पड़ता।

एक वात और है, जो मिस्टर ऊधो पांडे भी 'कन्फर्म' करेंगे कि अव उस जमाने जैसा विरह फिरह नहीं होता, वह

सब तो सिनेमा में दिखाया जाता है, आज तो 'हैव ए गुड टाइम' का युग है। इसलिये राधा के आँसुओं में बृज के वह-जाने का कोई खतरा नहीं है। आज तो ऐसी सिचुएशन में मिस्टर पांडे को पहले गोपी 'ग्रुप्स' को लालीपाप्स, मिल्क बार, च्यूइंग गम्स और बबल गम्स, कोक और स्पाट्स से ट्रीट करना चाहिये। कुछ टूटी फूटी सर्व करके डिस्कम यूजिक प्ले करना चाहिये और जब नृत्य पूरे रंग पर आ जाय तो धीरे से कहना चाहिये—'माई डियर गोपी, कृष्णा इज नाट कमिंग' (प्रिय गोपी जी, कृष्णा नहीं आवेंगे)। और आलमे मस्ती में झूमती गोपी यही कहेगी—'लेट हिम गो टू हेल' (भाड़ में जाय वह)! तब अवसर मिलेगा पांडे को योगा 'द लेटेस्ट क्रेज' का और वह ग्रुप डिस्कशन करवा के बृज में योगा शुरु करा सकते हैं।

लेकिन चतुर्वेदी जी, (संपादक योग विशेषांक), आप भी नवयुग की बाढ़ में बह गये! आपने लिखा कि योग पर एक लेख लिखूं। आपने तो जमालों की तरह आग लगा दी, पर यहाँ 'मन-वृन्दावन' में भारी हलचल मच गयी। सर्वत्र शोर मच गया 'पांडे, फिर आ रहे हैं।' सोयी गोपी जाग उठीं, विरह व्यथा का क्रन्दन आकुल करने लगा, घनीभूत पीड़ा आँसू बनकर बरसने लगी। पांडे के भाई, आप नहीं जानते, घनश्याम मौसम में घनश्याम की याद दिलाकर आपने क्या किया है? यह जो नदियों में बाढ़ आ रही है वह इन्हीं विरहाश्रुओं से तो निकली है।

एक बार अनन्तश्री विभूषित स्वामी करपात्री जी महाराज ने विरह और संयोग शृंगार के समानांतर सागरों का अद्भुत वर्णन किया था। साँवरिया के दोनों नैनों में ये सागर छलकते हैं, काश कि एक बूंद भी हम पा सकते। उस मधुमास सिंधु की एक बूंद युग-युग की विरहाग्नि बुझा जाती पर गोपी की नियति तो प्रेम यज्ञ में समिधा की भाँति जलते रहना है और उसमें भी आप ऊधो जी की भाँति पधारकर उपदेश की आहुति डाल रहे हैं। धन्य, धन्य!

आप बतायें, हम क्या करें? योगा में रिसर्च करें? वह भगवान् पातंजलि क्या कर गये थे? पहले जाकर उनसे अधिक ज्ञान साधना लावें, तब शीर्षासन आरंभ करें। यहाँ सूत मिलता नहीं 'सूत्र' की तो बात ही क्या। लीजिये, अब बहस का मूड आ गया है और आप चारों वेद पढ़े हो, सो हमें बताओ कि 'योग' है क्या? हमने शब्दकोष, अमरकोष देखा, तीस चालीस अर्थ के पचड़े में पड़े। युज् से संयोग, संयमन, समाधि अर्थ निकले। अमरकोष के **'योगः सन्नहनोपायध्यानसङ्गतियुक्तिषु'** वचन से, **'सन्नहन'** अर्थात् कवच जिरह बख्तर से लैस हथियार उठाये, योगोयोगः वाले फौजी मिल गये, बाकी उपाय, संगति, युक्ति के योग पर ध्यान तो खैर सभी लगाते हैं। फिर पोथी देखने लगे तो मिला **'समत्वं योग उच्यते'**, **'योगः कर्मसु कौशलम'**, **निःस्पृहः युक्त उच्यते'** और **'योगः चित्तवृत्तिनिरोधः'**, मतलब समझने लगे तो समझ में आया कि माडर्न लोगों के लिए योग का अर्थ हरिजन कल्याण या साम्यवाद, टेक्नोलाजी, हर्रे लगे न फिटकिरी वाली तरकीब, और साइकोथिरैपी अथवा 'आपात स्थिति' हो सकता है। वैसे बच्चे भी जानते हैं कि दो संख्याओं के जोड़ को 'योग' कहते हैं, केमिस्ट्री (रसायन) में दो तत्वों का योग होता है जैसे आद्रजन और ऑक्सीजन नामक गैसें योग करके जल बन जाती हैं (काश कि योगा वाली गैसें भी योग करके जल बन जातीं)। व्याकरण में भी योग होता है। इस नाम की किताबें हैं जो बाजार में मिलती हैं। बाकी कुछ अर्थ यह भी मिले कि जीव और परमात्मा का योग करके कैवल्य प्राप्ति का यह दर्शन है, चंचल चित्त की वृत्तियों का निरोध, पुरुष प्रकृति को पृथक् कर वियोग करना और पुरुष में स्थित होना, सुख-दुःख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीतोष्ण आदि द्वंद्वों से अतीत होकर समत्व प्राप्त करना योग है। 'कर्म' का कौशल है, संसार सागर से पार होने की 'युक्ति' है। लेकिन ये अर्थ कुछ महत्वपूर्ण नहीं हैं, क्योंकि इनसे कुछ प्राप्त होने का नहीं। हाँ योग का एक अर्थ है, **इन्द्रजाल, अलौकिक चिकित्सा, सिद्धि, मारण, मोहन, उच्चाटन** और इस अर्थ में योग में बड़ा माल है। कहते हैं, **योग मोक्ष का साधन है,** पर उससे कहीं अधिक उपयोगी अर्थ है **'मालपुआ'**। (और मोक्ष तो अंततोगत्वा होगा ही, उसकी हाय-हाय क्यों करें?)

चौबे जी, इंस्टीट्यूट में योगा का अर्थ है रोज सवेरे **'ब्रीदिंग एक्सरसाईज'** करना और फिर आसन करना! यह कौन पूछता है कि योग-भूमि में प्रवेश करने से पूर्व **अष्टांग-योग** सम्पन्न करना होता है। अष्टांग माने **पाँच बाहरी अंग—यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार**

और तीन भीतरी अंग–धारणा, ध्यान और समाधि। अब बताइये, 'यम' के अंतर्गत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, दया, क्षमा, धृति, आर्जव, मिताहार इत्यादि का पालन कौन करता है। फिर आया 'नियम' यह उससे भी भयंकर अर्थात् पवित्रता, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान। यम–नियम साधो तब करो 'आसन', एक आसन करो, ८४ करो या १६०—क्या अन्तर पड़ता है, पहले आसन पर बैठने के अधिकारी तो बनो। लीजिये अब यह 'अधिकार' की क्या बात हुई ? क्यों भाई, आपके यहाँ मैट्रिक पास किये बिना कोई कालेज में घुसने देता है ? उसी प्रकार यह भी एक कालेज है। पहले निर्वेद की भावना हो तब मुमुक्षु होंगे और बिना मुमुक्षु हुए योग हो नहीं सकता। प्रवेश पत्र में लिखा है 'आपके पास साधन-चतुष्टय है ? अर्थात् आप में नित्यानित्य वस्तु विवेक, वैराग्य, षट्सम्पत्ति और मुमुक्षुत्व है ? नहीं तो प्राप्त करें और तब पधारें ! खैर, आसन तक पहुँचे हैं तो प्राणायाम करें। वह ब्रेथ कन्ट्रोल नहीं। पूरक-कुम्भक–रेचक प्राणायाम, अभ्यन्तर बाह्य और केवल प्राणायाम, सूर्यभेदन, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा, प्लावनी प्राणायाम, अनुलोमविलोम प्राणायाम। फिर प्राण हों तो न आयाम दीखेगा ? अंत में प्रत्याहार करें—इन्द्रियों को वश में करें, १८ मर्म स्थानों पर नियंत्रण करें। इसी राह में मुद्रा और षट्कर्म भी आते हैं, एकाध दिन धौति, गजकरणी, वस्ति, नौलि, नेति और कपाल भाति करके शरीर को शुद्ध करें। तब योग यात्रा आरंभ होगी। मधुमती, मधुप्रतीक भूमि से होकर अस्मिता प्राप्ति होगी, विशोकासिद्धि मिलेगी और परमपद प्राप्त होगा। और यह सब 'ट्यूशन फी' देकर कहाँ मिलेगा ?

एक साहब मिले, बोले 'हम भी योगा करेगा', हमने कहा, 'जरूर करें सर ! पर यह तो बतलाएँ कौन-सा योग करेंगे ?' वे बोले—'क्या मतलब ? योगा मेनी वेरायटी ?, हमने कहा—'जी हाँ। बहुत वेरायटी हैं, जैसे मन्त्र योग, हठ योग, लय योग, राज योग, जप योग, अस्पर्श योग, शब्द योग, वाग्योग, ऋजु योग, भृगु योग, तारक योग, कर्मयोग, भक्ति योग, ज्ञान योग, ध्यान योग वगैरह सकड़ों योग हैं और फिर महा योग है, सम्पूर्ण योग है ! आपको कौन-सा योग चाहिये ?' अब उन्हें प्रत्येक योग की बारीकी कौन समझाये ? बस समझा दिया कि 'बच्चा 'कूर्मासन' साधो, सांस रोके रहो, हो जायगा योगा।'

अरे, योग से पहले तो उसके विघ्न ताण्डव करने लगते हैं। व्याधि, संशय, प्रमाद, आलस्य, भ्रान्ति, मनका कलुष, देह की चंचलता, अनियमित श्वास प्रश्वास, अनियमित उत्तेजक आहार, अनियमित निद्रा, ब्रह्मचर्य हीनता, भगवान में अविश्वास और सिद्धि की चाह जैसे विघ्न योग आरंभ भी नहीं करने देते, तिसपर कहीं नकली (और आजकल तो जमाना ही नकली का है) गुरू मिल गये तो हो गया कल्याण ! कौन समझाये कि सिद्धि से पारमार्थिक हानि होती है ! कौन बताये कि पूजा करवाना, गुरू बनना और दंभ करना योग से परे ले जाता है।

गुरु, योग करना है तो अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश के पंचक्लेश से मुक्त हो। शोधन, दृढ़ता, स्थैर्य, धैर्य, लाघव, प्रत्यक्ष और निर्लिप्तता के साधन जुटाओ। शुभेच्छा, विचारणा, तनुमानसा, सत्त्वापत्ति, असंसक्ति, पदार्थाभाविनी और तुर्यगा सी ज्ञान की सप्त भूमिकाएँ तैयार करो, काम, क्रोध, लोभ के नरक से बचो, शांत, सख्य, वात्सल्य, दास्य, मधुर जो भी भाव रुचे उसमें स्थापित हो, तब हे क्षर तुम अक्षर बनोगे, योग साधकर पुरुषोत्तम बनोगे ! इस योग मार्ग में वियोग की प्रबल पीड़ा है, चिंता, जागरण, उद्वेग, कृशता, मलिनता, प्रलाप, उन्माद, व्याधि और मोह ही नहीं मृत्यु का वरण भी करना पड़ सकता है, बारंबार स्तम्भ, स्वेद, रोमांच, स्वरभंग, कम्प, वैवर्ण्य, अश्रुपात और प्रलय की सात्विक स्थिति आती है। यह सब स्वीकार हो तो 'योग' करे। रिसर्च जरूर हो पर यह निश्चित है कि इसमें कुंडलिनी जागने से रही, न अनहद बाजा ही बजेगा और अयोध्या के अष्टचक्र नवद्वार डाँक कर सहस्रार में पहुँच कर रस अथोर में नहाने की कल्पना कभी पूरी नहीं होगी।

माननीय सम्पादक जी ! आपका पत्र क्या आया कि लगा श्याम सलोने स्वयं आ गये। आपने लिखा विश्ववंद्य अनन्त श्री विभूषित स्वामी करपात्री जी महाराज का ७१वाँ जन्म दिन है, सो परमश्रद्धेय गुरुचरण को साष्टांग प्रणाम

करता हूँ और अपने को धन्य मानता हूँ। पर काल से परे वर्ष-ग्रंथि का अर्थ ही क्या है ? ब्रह्मा, विष्णु और रुद्रग्रंथि की जहाँ चर्चा हो वहाँ मायालोक के कैलेंडरी वर्ष कितने तुच्छ हैं। फिर भी हम क्षुद्र मानव इन्हीं दिन-रात के झमेले में पड़े ज्ञानसूर्य की एक-एक किरण को तरसते रहते हैं। आपने अवसर दिया कि अनन्त श्री की एक कृपा कटाक्ष मोहाविष्ट संसारियों को मिले यह बहुत ही उत्तम, पुण्य कार्य किया।

बाकी हम गाँव गँवारिन पाती कहाँ पढ़ें, नैन में कजरा टिकता ही नहीं, आखर कहाँ टिकैंगे। एक बात कहते हैं जोग-वोग बड़ी चीज है, वह हम क्या करेंगे ? हाँ स्याम हमारे प्रान पियारे हैं वाको आन मिलाओ तो फिर तुम्हारी वाली सब करेंगे। तुम्हारी लंबी योगलिस्ट पढ़कर हँसी आई, रोना आया। पांडे महाराज, 'कैसेट' में कन्हैया की आवाज भरकर भेज दी होती तो हम उसी को सुनते, कोई बकवास नहीं करते। बाकी एक छवि ही खैंच कर पठाई होती ! पर तुम तो हमें जोग बताते हो, वह शुभ जोग हमारे भाग में नहीं है। अब बस करते हैं। दैयारी, कित्ती बार समझावें ऊधोजी कि—'जोग, जोग हम नाहीं।'

शब्द-तत्त्व-चिन्तन में योगियों का योगदान

[श्रीमती विमला मुसलगांवकर]

सत्व, रज और तम रूपा प्रकृति पिण्ड में वात, पित्त तथा कफ रूप में अवस्थित है। शरीर से उत्पन्न होने वाले शब्द की तारता (Pitch) तीव्रता (Loudness) घनता (Volume) का सम्बन्ध इन्हीं तीनों गुणों (रस्सियों) से है जो समस्त विश्व को अपने में बाँधे हैं। प्राप्त देह में अवस्थित त्रिगुणात्मक प्रकृति के कारण ही तारता, तीव्रता और घनता तीनों धर्म घुले मिले शब्द के साथ चले आते हैं। किन्तु शब्द (ध्वनि) के साथ एक विशिष्ट गुण (Timber) जो गुणों से भिन्न है, उसका सीधा सम्बन्ध प्राप्त हुए स्थूल देह से नहीं वरन् प्राप्त सूक्ष्म देह से है या पूर्व संस्कारों से है, जो इस शरीर से उत्पन्न शब्द में लावण्य, विलास और ध्वनि-भंगिमाएं प्रदान करते हैं। संस्कार ही गूंज झंकार आदि विशिष्ट गुण दे देते हैं। इसीलिए नादोपनिषद् में कहा है कि जितने जीव हैं, उतने नाद हैं। गुण और तत्त्वों की समानता सम्भव भी है, संस्कार समानता असम्भव है। मन्त्र योग में मन्त्र के जप या अभ्यास से पूर्व संस्कार सहज ही जगाये जा सकते हैं। भावी नवीन संस्कारों का बीजारोपण किया जा सकता है। जो गायक या साधक शब्द के सूक्ष्म रूप के साथ विश्वव्यापी महाशक्ति के रूप की चेतना ले आता है वही अपनी मौलिकता और नूतनता से जन मानस को विमुग्ध करता है।

दूर या पास से, ऊंचे या नीचे से, गहरे स्थान से या खुली जगह से अथवा इन विभिन्न मिश्रित स्तरों से उठने वाला या आने वाला एक ही कण्ठका शब्द अवश्य ही भिन्न होगा, यह वैज्ञानिक सत्य है। कमल की पंखुड़ियों के प्रतीक के माध्यम से विभिन्न दिशाओं तथा भूमियों के कारण जो अन्तर पड़ता है उसी को इंगित किया है। चक्रों के माध्यम से विभिन्न लोक के स्तरों से पड़ने वाले प्रभाव की ओर संकेत किया है। प्रत्येक चक्र पर पञ्चीकरण होने पर भी एक-एक तत्त्व की प्रमुखता है। मूलाधार, स्वाधिष्ठान और मणिपूर तक स्वर्ग लोक की संज्ञा दी है। अनाहत चक्र पर महर्लोक, विशुद्धि चक्र पर जनलोक और आज्ञा पर तपोलोक कहा है। लोक या देश का प्रभाव शब्द की आकृति से विशेष सम्बन्ध रखता है यथा संस्कृत भाषा 'सत्' और अरबी भाषा के 'हक' में 'स' और 'ह' दो भिन्न ध्वनियां लगती हैं किन्तु वस्तुतः यह एक ही ध्वनि के दो रूप हैं। देशज प्रभावों के कारण भी वर्ण या शब्द बदलता है किन्तु शब्द के धर्म या गुण सम आकृति से भिन्न भी रह सकते हैं। लावण्य शरीरावयव नहीं है किन्तु शरीर के आश्रय से रहता है। शब्द का लावण्य शब्द के भीतर निहित संस्कारों का परिणाम होता है। निष्कर्ष यह कि शब्द का वैखरी रूप पञ्चमहाभूतों से प्रभावित होता है—शब्द गुण, त्रयात्मक गुणों से और शब्द का आकर्षण पूर्व जन्मों के कर्मानुसार अर्जित संस्कारों का प्रतिफल है।

योगदर्शन में विभूतिपाद ने चक्षु और मन का, प्राण-वायु और वाणी का, श्रोत्र तथा आत्मा का मेल बताया है। आत्मा का सम्बन्ध हृदय से है अतः श्रोत्र का सम्बन्ध हृदय से होता है। इसीलिए सूक्ष्मवाणी ज्ञान अथवा बुद्धि रूप में प्रकट होती है। बुद्धि से इच्छा शक्ति जागृत होती है और चित्त प्रोत्साहित होता है। शान्त चित्त इच्छा के कारण डोलने लगता है, उसकी गति से कायाग्नि उत्पन्न होती है। अग्नि ऊर्ध्व शिख होने से उसका धारा प्रवाह उन्मुख होती है। इस धारा से प्राणों की गति भी तदनुरूप होती है। प्रोत्साहित चेतना से प्राण नाभि स्थान से उठकर मस्तिष्क में एक झटका लगाता है और नीचे उतर आता है। इसी बीच मस्तिष्क पिण्ड स्थान से उत्पन्न चेतना शक्ति से दूसरे वैद्युतिक प्रवाह से टकरा कर झंकृत हो उठता है। इस झंकार को हमारी स्वर तन्त्री सहेज लेती है और उसे भव्य ध्वनि का रूप दे देती है। ध्वनि के गुणों से प्राण परिपूर्ण हो उठता है। मुखसे निकलने वाला श्वास झंकारमय हो जाता है। अग्नि से प्रभावान्वित होकर यह स्वयं फैलने लगता है। तब वर्णों की उत्पत्ति होती है। अन्तः वाक् अग्नि के परिणामों के साथ मिल जाती है। इसका रूप या आकार भौतिक अभिव्यक्त वाणी (Physical sound) में प्रतिबिम्बित होता है। इसी वैद्युतिक धारा प्रवाह से योगी आन्तरिक शिराओं का परिशोधन करता है। सार

यह कि व्यक्त भाषा की अव्यक्त प्रक्रिया में पृथ्वी से लेकर आकाश तक के समस्त तत्त्व सक्रिय होते हैं। शब्द उच्चारण प्रक्रिया की विधि इतनी होकर भी तीव्र होती है कि इससे शरीर की कार्य क्षमता और शक्ति का अनुमान लगाया जा सकता है। अद्‌भुत बात यही है कि जो भावना तथा अभ्यास शब्द को भौतिक प्रतीक बनाता है वही उसे शुद्ध परिमार्जित करके आत्मोपलब्धि का माध्यम बनाता है। किन्तु वह शब्द धातुओं या तत्त्वों से निकली ध्वनि से निर्मित होना चाहिए। कृत्रिम शब्द आत्मज्ञान में सहायक नहीं होते।

योग इस तथ्य की ओर संकेत करता है कि वैखरी शब्द प्रकट होने से पूर्व तीन अवस्थाओं से गुजरता है। योग में शब्द शक्ति की मूल सुप्तावस्था का नाम 'परा' है। वही बिन्दु रूपिणी 'परा' शक्ति जब अंतः चक्षु ग्राह्य बनती है तो 'पश्यन्ती' कहलाती है। इसी को योगियों ने 'नाद' संज्ञा भी दी है। 'बिन्दु' का विस्तार को प्राप्त होना या धारा अथवा रेखा (क्योंकि सबसे छोटी रेखा दो बिन्दुओं के मिलन से बनती है) होना ही 'नाद' है। यह शब्द-भण्डार-बिन्दु के समस्त गुणों से युक्त गतिमान् धारा का ही दृश्य रूप चित्र है। इसी कारण इसे पश्यन्ती कहा है। पुनः प्रकाश रूप नाद जब वर्ण रूप में प्रकट होता है उससे पूर्व की अवस्था मध्यमा नाम से कही गई है, यह प्रकाश रूप ध्वनि के वर्ण रूप में ढलने की प्रक्रिया है। आज विज्ञान के प्रताप से ध्वनि धारा के प्रकाश तार में और पुनः ध्वनि में रूपान्तरित होने का प्रत्यक्ष प्रमाण रेडियो है।

शक्ति की शान्तावस्था में भी स्पन्दन होता ही रहता है। एक ही स्थान पर ऊँचे नीचे होते रहना ही स्पन्दन है—इसके कारण ही गति का भान होता है। जल, वायु आदि की तरह शब्द की या ध्वनि की भी तरंगे हैं। इन तरंगों की गति के पीछे शक्ति (Force) भी प्रेरक होती है।

आत्मसाक्षात्कार का सगुण सूक्ष्म उपाय शब्द तत्त्व ही है। अन्य बाहरी उपाय कठिन साध्य रहते हैं तथा बहुत साधना के बाद थोड़ा-सा लाभ होता है। पर आत्मज्ञान के लिए जिस अवधान की आवश्यकता है वह शब्द से सहज ही हो जाता है। देवता से पशु वर्ग तक, ज्ञानी से अज्ञानी तक, नाद का प्रभाव आज वनस्पति वर्ग पर भी प्रयोग करके देखा गया है। उसके परिणाम अनुकूल ही दृष्टिगत हुए हैं। सोते से जगा देनेवाला शब्द ही है। नाद की आसक्ति सम भाव से देखी जाती है। शब्द आकाश का गुण है। गुणको आधार चाहिए,ही क्योंकि गुण निराश्रित नहीं रहता। मूलाधार से अनाहत चक्र तक यानी पृथ्वी तत्त्व प्रधान से वायु तत्त्व प्रधान तक के चक्रों पर वर्णमाला के सभी व्यञ्जन न्यस्त किये गये हैं, किन्तु समस्त स्वरों की सत्ता विशुद्धि चक्र पर कही है। पिण्ड देश का वह आकाश ही है। जाति रूप से गुण सामान्य का ज्ञान कराते हैं,व्यक्ति रूपसे सजातियों से विविक्त करता है। स्वर शब्द का एक सामान्य गुण है। मन्त्रयोगी मन्त्र पर अधिकार कर आकाश तत्त्व को वशंगत करता है और योगी प्राण के माध्यम से वायु तत्त्व को अपने वश में कर लेता है। क्योंकि गुणों को वश में करने से गुणी वस में आ जाता है।

चक्रों पर निहित वर्ण व्यवस्था निश्चित रूप से इंगित कर रही है कि सृष्टि काल में शक्ति का अवतरण क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर है किन्तु मुक्ति काल में ठीक विपरीत क्रम में हमें चलना या चढ़ना होगा। यही योग स्पष्ट रूप से बता रहा है कि जिस धारा का बहाव समुद्र की ओर है, उसके उद्‌गम स्थान की खोज में हमें धारा के प्रतिलोम चढ़ना पड़ेगा। योगियों का दिया अनुभूत पक्ष अधिक विश्वास के योग्य है, अपेक्षाकृत पाश्चात्यों के इस कथन से कि बन्दर हमारे पूर्वज थे, उनसे विकसित होकर मनुष्य हुआ। सिर केवल कोई चलता नहीं देखा गया, अनुचर और शासक का अन्तर दिखाया नहीं जाता वह स्वयं सम्मुख आता है।

निष्कर्ष यह कि योग ने शब्द, ध्वनि, स्वर, व्यञ्जन, स्फोट आदि शब्द सम्बन्धी विभिन्न संज्ञाओं का यथातथ्य ज्ञान दिया है। सृष्टि के मूल में चित् शक्ति है, उसी का विस्तार जगत् है, वह ऊर्ध्वगामी है। शान्त अवस्था में भी उसमें स्पन्दन होता ही रहता है, वह व्यक्त रूप में प्रकट होने से पूर्व तीन भिन्न अवस्थाओं में से होकर निकलती है। परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी ही उसकी चार अवस्थाएँ या चार चरण हैं। संकोच या प्रसार, श्वास या निःश्वास, अनुस्वार या विसर्ग यह चित् शक्ति की दो दिशाओं के सूचक हैं। पदार्थ सृष्टि का मूल कारण शब्द-सृष्टि है। उसका बोध पदार्थ बोध की जड़ें जमाता है। क्योंकि तत्त्व और उसके प्रतीकात्मक शब्द (व्यवहार हेतु) के स्वरूप का ज्ञान दो भिन्न नहीं हैं। अतः आत्मबोध का सरलतम, सगुण, सूक्ष्म उपाय शब्द है। क्योंकि वही आत्म रूप है। आनन्दमय, प्रकाशमय, ज्ञानमय है। अदृश्य होते हुए भी स्वयं अपने को प्रकाशित करती है। इस तरह नश्वर ही शाश्वत का, शून्य ही मुक्ति का और शब्द ही शब्दातीत का साधन योग ने बताया है। ●

क्रिया-योग

[डॉ. जनार्दन उपाध्याय]

योग चैत्तिक वृत्तियों का निरोध—महर्षि 'पतंजलि ने कहा है कि तप से शरीर, स्वाध्याय से अन्तःकरण, ईश्वर प्रणिधान से प्राणों के विकार दूर हो जाते हैं। इस प्रकार कर्दमों के विनाश से योगी स्वरूपस्थ होता है। सामान्य जन दृश्य या दृश्यमान जगत् के जड़ात्मक स्वरूपों में अनुरक्त रहता है। योगी तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान से समस्त कर्दमों का नाश कर के अपने स्वरूप में सहजही स्थित हो जाता है। इसी से पातंजलि योग का सूत्र है :" **तपः स्वाध्यायेश्वर-प्रणिधानानि क्रिया योगः**" चैत्तिक वृत्तियों का निरोध ही यौगिक पुरुषार्थ का लक्ष्य है। कर्त्ता, कर्म एवं कर्म संस्कार की अभाव सिद्धता ही योग की उत्कृष्टावस्था है। योग प्रक्रिया का मात्र लक्ष्य है चैत्तिक वृत्तियों का निरोध, योगी की स्वरूप स्थिति तो उसका सहज परिणाम है। इसीलिए योग-सूत्र में "चित्तवृत्तिनिरोधः" के बाद ही सूत्र आता है : "**तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्**" आशय स्पष्ट है—जैसे ही चित्त वृत्तियाँ निबद्ध होती हैं, योगी अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि चित्त वृत्तियों का निरोध स्वरूप स्थिति, सम्प्रज्ञात और असंप्रज्ञात समाधि स्थिति का हेतु है।

द्रष्टा के अस्तित्व की तीन स्थितियाँ हैं :—

स्थूल, सूक्ष्म, कारण।

स्थूल शरीर का विकार मल है। इसे साफ करने के लिए "तपः" की आवश्यकता है। सूक्ष्म शरीर का कर्दम विक्षेप है। इसको नष्ट करने का एकमात्र साधन "स्वाध्याय" है। 'स्व' का अर्थ स्व-स्वयं, अधि ऊपर या गमनशीलता है। अतः गमनशील इन्द्रियों के ऊपर अपना अधिकार रखना "स्वाध्याय" है। कारण शरीर का दोष अज्ञान है। यह ईश्वर प्रणिधान द्वारा प्रणष्ट होता है। द्रष्टा निज बोध की स्थिति में ईश्वर की सम्भावना-संभूति का अधिकारी बन जाता है। पतंजलि ने ईश्वर के सम्बन्ध में कहा है— "**क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः**" क्लेश कर्म के विपाकाशय से जो सर्वथा अपरामृष्ट रह जाता है, वही 'ईश्वर' है। क्लेश कर्म विपाकाशय की अपरामृष्ट दशा संस्कारातीत की दशा है। अतः ईश्वर संस्कारातीत की निष्काम सिद्धि हुआ। इसी से वह निरतिशय और सर्वबीज है : "**तत्र निरतिशयं सर्वज्ञ बीजम्**"।

क्रिया-योग का साधन विज्ञान—क्रिया-योग स्थूल, सूक्ष्म, कारण दशा में ही सम्पन्न होता है। शरीर की उक्त तीन स्थितियाँ—स्थूल, सूक्ष्म, कारण दशाओं को ही व्यक्त करती हैं। यह सिद्ध है कि क्रिया-योग की साधना उक्त तीनों दशाओं में होती है। अतः क्रिया-योग को तीन दशाओं की सप्तकायिक यात्रा कहा जा सकता है। एक प्रकार से योग चिन्तना में मानवीय अस्तित्व ही सप्तकायिक है। ये सप्तकायायें इस प्रकार हैं—

भौतिककाया, भावकाया, सूक्ष्मकाया, मनस काया, आत्म काया, ब्रह्मकाया, निर्वाणकाया।

इन्हीं सप्तकायिक अस्तित्व की तीन दशाओं में स्थूल, सूक्ष्म, कारण की प्रत्यभिज्ञा है। इस प्रकार क्रिया योग को तीन दशाओं की सप्तकायिक प्रत्यभिज्ञा भी कह सकते हैं। ऊपर जिन सप्तकायिक की चर्चा की गयी है, उन्हीं से सप्त चक्रों की अवस्था को भी परिकल्पित किया गया है। इन्हें इस प्रकार क्रमशः देखा जा सकता है—

(१) भौतिककाया मूलाधारचक्र में स्थित है। (२) भावकाया स्वाधिष्ठानचक्र में स्थित है। (३) सूक्ष्मकाया मणिपूरचक्र में स्थित है। (४) मनमें काया अनाहतचक्र में स्थित है। (५) आत्म काया विशुद्धचक्र में स्थित है। (६) ब्रह्मकाया आज्ञाचक्र में स्थित है। (७) निर्वाणकाया सहस्रारचक्र में स्थित है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि सप्त चक्रों में सप्त कायिक प्रत्य-

भिज्ञा तो होती है, साथ ही साथ वृत्तियों, वर्णों, तन्मात्राओं, कोषों एवं लोकों की प्रत्यभिज्ञा होती है।

क्रिया-योग का साधनात्मक-विमर्श—प्रस्तुत प्रसंग में विभिन्न चक्रों में विभिन्न कायाओं की प्रत्यभिज्ञा के स्वरूप एवं परिणाम का उल्लेख आवश्यक है। क्रम से सर्व प्रथम भौतिककाया के प्रत्यक्षीकरण की स्थिति आती है।

(१) मूलाधार और भौतिक काया की प्रत्यभिज्ञा—भौतिककाया की प्रत्यभिज्ञा मूलाधार चक्र में होती है। मूलाधार चक्र का भौतिककाया से केन्द्रीय सम्बन्ध है। इस चक्र की स्थिति भू.लोक में है। साधना द्वारा भौतिककाया में क्षिति तत्त्व की प्रत्यभिज्ञा गन्धेषणा समाप्त हो जाती है। यहीं पर अन्नमय कोष की साधना होती है। सामान्यतया चित्त, धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की वासना से भौतिककाया में साधनागत सम्भावनाओं को उपलब्ध नहीं कर सकेगा। यौगिक साधना से प्राकृतिक सम्भावनाओं का रूपान्तरण होता है। साधना प्राकृतिक सम्भावनाओं का दमन नहीं जागरण है। क्योंकि दमन से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की वासनाएँ रूपान्तरित नहीं हो पायेंगी। धर्म, अर्थ, काम, मोक्षके प्रति जागरूक होने पर रूपान्तरण उसके भीतर ही होने लगता है। मूलाधारस्थ भौतिककाया की प्राकृतिक सम्भावनाओं का रूपान्तरण जागरण से ही सम्भव है। इस जागरण से ही साधक धर्म और अर्थ की वासना से अतीत हो जाता है तथा काम, ब्रह्मचर्य और मोक्ष निर्वाण में परिवर्तित हो जाता है। मूलाधार चक्र में स्थिति भौतिककाया में क्षिति तत्त्व की साधना होती है।

(२) स्वाधिष्ठान और भाव काया की प्रत्यभिज्ञा :—स्वाधिष्ठान चक्र शरीरस्थ भुवःलोक में स्थिर है। भवकाया में जल तत्त्व है। इस चक्र में भवकाया के प्रत्यक्षीकरण से रसैषणा से निवृत्ति हो जाती है। भवकाया की साधना से काममय कोषकी सम्भावना-ऊर्जा का ऊर्ध्वारोहण होता है। इस काया की वृत्तिगत प्राकृतिक सम्भावनाएँ-अवज्ञा, प्रश्रय, मूर्च्छा, अविश्वास आदि हैं। इन्हीं सबों में बद्ध रहने पर साधक में रूपान्तरणधर्मी सम्भावनाओं के उत्कर्ष की स्थिति नहीं आ पाती। इसीलिए इन प्राकृतिक सम्भावनाओं के प्रति जागरण द्वारा ही रूपान्तरण होगा और क्रमशः चित्त से आदर, अप्रश्रय, अमूर्च्छा, विश्वास, सर्व मंगल और अक्रूरता की मंगलमयी तरंगे उठती हैं। उससे ही विश्व जीवन के अस्तित्व को शान्ति और समरसता मिलती है। भवकाया की साधना साक्षी जागरण एवं प्राणः निस्पन्दता की साधना है। इस काया में ही जागरण से वृत्तियों के प्रतीक रूप वर्णों का प्रत्यक्षीकरण होता है और साधक वर्णों का अनाहत संगीत सुनकर आनन्दित होता है।

(३) मणिपूर और सूक्ष्म काया प्रत्यभिज्ञा :—यह काया मणिपुर चक्र के भुवःलोक में स्थित है। इसका उपजीव्य अग्नि तत्त्व है। इसमें जब अग्नि तत्त्व का प्रत्यक्षीकरण होता है तो रूप की आसक्ति अरूप की प्यास में बदल जाती है। यह रूपान्तरण अपूर्व है। इसमें प्राणमय कोष की साधना करनी पड़ती है। प्राणाग्नि प्रज्वलन साधना परम्परा का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रूप है। अग्नि तत्त्व जल तत्त्व से सर्वथा भिन्न है। क्योंकि जल की गति अधोमुखी होती है, अग्नि की शिखा ऊपर की ओर जाती है, यह प्रसिद्ध है। इसी आधार पर चेतना की दो प्रकार की प्रवाह गतियाँ हैं:—जल की प्रवाह गति अग्नि की प्रवाह गति। व्यक्ति की वृत्तिगत प्राकृतिक सम्भावनाएँ पानी की तरह अधोमुखी प्रवाहित होती हैं जबकि साधनात्मक सम्भावना अग्नि की तरह प्रवाहित होती है। इस प्रकार अग्नि ऊर्ध्व गमन का प्रतीक बन गया है। इसके साथ ही वह अन्य सम्भावनाओं का भी प्रतीक है। अग्नि शुद्ध को रखता है, अशुद्ध को भस्म कर देता है। इस प्रकार यह तप एवं परीक्षा का निकष बन गया। तपः यह स्पष्टतया इंगित करता है कि जो कुछ भी शरीर में मल है, वह उसकी अग्नि से भस्म हो जायेगा और शुद्ध कंचन ही बचा रह जायेगा। अग्नि का एक गुण है कि वह ऊपर उठती और कुछ दूर जाकर आकाश में विलीन हो जाती है। अतः उसका ऊर्ध्व गमन विलीनीकरण को प्रतीकित करता है। अग्नि दूसरे को जलाकर स्वयं भी जल जाती है। वह स्वयं बच जाती तो हिंसा का भाव रह जाता। इस प्रकार उसकी प्रकृति हिंसा की न होकर प्रेम की बन जाती है। अद्वय तत्त्व में प्रेम-साधना ही चरम है। अग्नि इस प्रकार

प्रेम एवं शून्य की सम्भावनाओं को समेटे है। अग्नि स्वयं तो दिव्य है ही, दूसरों को भी दिव्य बना देता है। सूक्ष्मकाया अग्नि तत्त्व की प्रत्यभिज्ञा से योगी ऊर्ध्वगमन, शुद्धता, विलीनीकरण, प्रेम एवं शून्यता की महिमा में प्रतिष्ठित हो जाता है। सूक्ष्मकाया की वृत्तिगत प्राकृतिक सम्भावनाओं में आवद्ध रहने पर साधक लज्जा, पिशुनता, सुषुप्ति, विषाद, काषाय, तृष्णा, मोह, घृणा, भय आदि से ऊपर नहीं उठ पाता। परन्तु साधक जब जागरण की अवस्था में रहता है तो वह उनसे ऊपर उठकर, उन्हें रूपान्तरित कर देता है। साक्षी चेतना के अभ्युदय से ही वृत्तियाँ रूपान्तरित हो जातीं है। लज्जा लज्जातीतता, पिशुनता स्पष्टवादिता, ईर्ष्या ईर्ष्यातीतता, सुषुप्ति जागरण, विषाद आह्लाद, काषाय काषायातीतता तृष्णा, विगत तृष्णा, मोह अमोह, घृणा प्रेम, भय अभय की मंगलमयी दशा में रूपान्तरित हो जाता है। जब साधक इनका दर्शन कर लेता है तो उसमें साक्षी चेतना का प्राकट्य होता है। यह उसकी भोक्तृत्व चेतना को नष्ट कर देता है। साक्षी चेतना तो स्थितप्रज्ञता की है। इसमें जो स्थितप्रज्ञता आती है, उसमें वर्ण वैभव की प्रभा दिखायी देती है और साधक का शब्दों की निःशब्दात्मक अनुभूति में लय होता है। इस शब्दमय अनाहत संगीत का अनिर्वचनीय आनन्द है।

(४) अनाहत और मनसकाया की प्रत्यभिज्ञा—अनाहत चक्र के महःलोक में मनसकाया है। इसमें वायु तत्त्व का वास है। अनाहत चक्र में वायु तत्त्व की प्रत्यभिज्ञा से स्पर्श की समस्त एषणाएँ प्रणष्ट हो जाती हैं। साधक वायु की तरह सर्वत्र व्याप्त हो जाता है। वायु का महत्वपूर्ण गुण है अदृश्य रूप में सबमें समाविष्ट रहना। वायु तत्त्व की प्रत्यभिज्ञा से साधक को यह ज्ञान होता है कि दृश्य असत्य है, अदृश्य ही सत्य है। चेतना सत्य है, वह अदृश्य है। यही अदृश्य जीवन का लक्ष्य है। इस वायु तत्त्व की साधना से साधक अतीन्द्रिय सम्भावनाओं से युक्त हो जाता है। वह समय और स्थान की बाधा के बिना दूसरों से सम्बन्धित हो जाता है। वह बिना बोले दूसरों की भाषा पढ़ सकता है। अपने विचार को दूसरों तक भेज सकता है। आकाश में पक्षियों की भाँति घूम सकता है। इस काया में मनोमय कोष के दर्शन से साधक विचार-सम्प्रेषण, दूर-दर्शन, विचार पाठन की अतीन्द्रिय शक्ति को प्राप्त कर लेता है। मनसकाया के ज्ञान पर अनाहत चक्र की सभी प्राकृतिक सम्भावनाएँ रूपान्तरित हो जाती हैं। इसकी संभावनाएँ हैं—आशा, चिन्ता, चेष्टा, ममता, दंभ, विवेक, विकलता, अहंकार, लोलता, कपटता, वितर्क और अनुताप। इसका साक्षी चेतना में आशातीतता, अचित्यत्त्व, अचेष्टा, ममत्व की समग्रानुभूति अदंभ, प्रज्ञा, अवैकल्य, अहंकारातीतता, अचांचल्य, निष्कपटता निर्वितर्क, अनुतापातीतता रूपान्तरित में हो जाता है। इस साधना में अनाहत संगीत निनादित होता है।

<——०——>

(लेखक के विस्तृत लेख का स्थानाल्पता के कारण अंश ही प्रस्तुत हो सका है—संपादक)

व्यंग्य

स्वातंत्र्योत्तर योग

[जगदीशचन्द्र मिश्र]

हे युग के योगी
मन के रोगी—
सकल सुख भोगी
योगिराज बन पूजा पाने वाले
शत-शत
पंथ सुपंथ कुपंथ
विपथगामी जगनामी
भव-भय हारक
सुख-दुःख टारक
जन उद्धारक
मारक-उच्चाटक
हाटक-त्राटक
उन्नत फाटक
बन्द कपाटक
बाहर याचक भीतर नाचक
निशि दिन नाटक
जलचर थलचर नभचर नाना
चढ़े जहाज कार नभयाना—
तुम ने सिद्ध कर दिया
योग-भोग का नाता
जो कुछ भी मन आये
उसको जोड़ो-भोगो
यही योग है।
'यम' से तेरे सेवक चाकर,
'नियम' तुम्हारी इच्छा केवल,
'आसन' चित्रों में वन्दी हैं
'प्रणायाम' तुम्हारा धोखा
'प्रत्याहार' गटागट गट गट
देशवन्ध वित्तस्य 'धारणा'
'ध्यान' लगा है उच्चासन पर
और 'समाधि' बनी जीते जी
यह तेरा अष्टांग योग है।

'जाग्रत' में सुख लोढ़ रहे हो—
'स्वप्न' सितारे तोड़ रहे हो—
बन 'सुषुप्त' सब जाल रच रहे,
हो 'तुरीय' हय छोड़ रहे हो।
बार बार तेरा अभिनन्दन,
बार बार है तुझको वन्दन,
दीपक चन्दन—
'परा' तुम्हारा नहीं पराया,
'पश्यन्ती' में वेदम काया,
और 'मध्यमा' मोहक माया,
है 'वैखरी' मशहरी छाया,
तुम सोते तो युग सोता है—
आगे देखो क्या होता है।
हे योगी के बाप—
आप बस बैठे बैठे—
अहा वायु गोपा बन बैठे।
उड़ा रहे हो—
भक्त जनों को—
उनके तन को—
उनके धन को—
उनके मन को।
पतंजलि को तिलांजलि दे,
उन्हें ही दोहराना,
दत्तात्रेय, याज्ञवल्क्य, शुकदेव को पचाना,
नामदेव, गोरखनाथ, व्यास को न जाना,
और भर्तृहरि को लाँघकर तुम्हारा आना,
छेड़ दिया भोगवादी योग का तराना,
ठगी का अच्छा तुम्हारा है बहाना,
इतने विशाल हो गये हैं तुम्हारे हाथ,
पुस्तकें, आश्रम, उपदेश और दीक्षा—
संसार को दे रहे खुल्लम खुल्ला शिक्षा,
हे स्वातंत्र्योत्तर युग के उन्नायक,
अकेला मैं ही नहीं हूँ तुम्हारा यश गायक,
तुम्हारी कीर्ति हवा के साथ फैली है—
छोड़ दो यह चादर हो चुकी मैली है,
खड़े खड़े मत करो परकाय प्रवेश,
तुम्हारी एकएक हरकत देखता है सारा देश।

—०—

गीता का दर्शन : कर्मयोग

[डॉ० अमरनाथ पाण्डेय]

भगवान् ने गीता में ज्ञानयोग की प्रतिष्ठा की है या कर्मयोग की—यह प्रश्न आचार्यों के मन में उठता रहा है। भगवान् शङ्कराचार्य ने अपनी व्याख्या में ज्ञानयोग की प्रतिष्ठा की है। इसी प्रकार अनेक आचार्यों ने गीता की व्याख्या करके अपने-अपने मतों की प्रतिष्ठा की है। ज्ञानयोग तथा कर्मयोग—ये दो निष्ठाएँ बतायी गयी हैं, अतः विमर्श का विषय यह है कि गीता में ज्ञानयोग की प्रतिष्ठा की गयी है या कर्मयोग की।

यदि गीता के उपदेश की परिस्थिति पर विचार किया जाय और प्रकरणों के स्वाभाविक रूप का परीक्षण किया जाय, तो गीता में कर्मयोग की प्रतिष्ठा स्पष्ट रूप से भासित होगी। अर्जुन युद्ध करने के लिए युद्धस्थल में जाते हैं, किन्तु अपने कुटुम्बियों और सम्बन्धियों को देखकर युद्ध से विरत होने की बात कहते हैं—

एवमुक्त्वार्जुनः संख्ये रथोपस्थ उपाविशत् ।
विसृज्य सशरं चापं शोकसंविग्नमानसः ॥ (१.४७)

अब योगेश्वर कृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हैं और युद्ध करने के लिए प्रेरित करते हैं। वे कहते हैं कि आत्मा अमर है, अतः न कोई किसी को मारता है और न कोई मारा जाता है। दूसरी बात यह है कि क्षत्रिय का कर्त्तव्य युद्ध करना है। यदि वह युद्ध नहीं करता, तो अपने मार्ग से च्युत हो जाता है। इस प्रकार भगवान् कृष्ण का उपदेश यही है कि अर्जुन युद्ध करे। यह बात निश्चित है कि भगवान् ने जिस कर्म का उपदेश दिया है, वह उदात्त धरातल पर अधिष्ठित है और उसके अनुष्ठान से चरम लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश किया गया है। यह कर्म सामान्य कर्म नहीं है, यह जीवन की निष्ठा है, रहस्य है तथा समाज और विश्व का पोषक है। यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि भगवान् कृष्ण अर्जुन को कर्म के लिए प्रेरित करते हैं। वे अनेक स्थलों पर कर्म के माहात्म्य का निरूपण करते हैं और कर्म के रहस्य का सविस्तार प्रतिपादन करते हैं। वे कहते हैं कि यदि मैं कर्म न करूँ, तो सारे लोक नष्ट हो जायँ—

यदि ह्यहं न वर्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः ।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्म चेदहम् ।
सङ्करस्य च कर्त्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥ (३.२३-२४

यहाँ भगवान् कर्म के वैशिष्ट्य और रहस्य का प्रतिपादन करते हैं। यह बात मान्य है कि गीता में ज्ञान की महिमा का वर्णन हुआ है, पर पूरी गीता का प्रोज्ज्वल रहस्य कर्मयोग है। यह ज्ञानयोग की अपेक्षा अधिक प्रकाशित है।

कृष्ण अर्जुन के मोह के निरास के लिए ज्ञान के वैशिष्ट्य का प्रतिपादन करते हैं। तृतीय अध्याय के प्रारम्भ में अर्जुन पूछते हैं कि यदि कर्म की अपेक्षा बुद्धि ही श्रेष्ठ है, तो हे केशव मुझे घोर कर्म में क्यों नियोजित कर रहे हैं—

ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन ।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव ॥ (३.१)

अर्जुन के प्रश्न से ऐसा प्रतीत होता है कि वे कर्म को सामान्य कर्म समझ रहे हैं। भगवान् ने द्वितीय अध्याय में जो बात कही थी, उसका रहस्य है कि मनुष्य आत्मा के अजरत्व-अमरत्व को समझे और निष्काम होकर कर्म का सम्पादन करे। कृष्ण कहते हैं कि निष्काम कर्म से सकाम कर्म अवर है तथा फल की इच्छा करने वाले कृपण हैं—

दूरेण ह्यवरं कर्म बुद्धियोगाद् धनञ्जय ।
बुद्धौ शरणमन्विच्छ कृपणाः फलहेतवः ॥ (२.४९)

भगवान् के उक्त वचन का तात्पर्य है कि आसक्ति का परित्याग करके कर्म करना चाहिए। इसी बात की पुष्टि वे तीसरे अध्याय में भी करते हैं, जब वे कहते हैं कि लोक में दो निष्ठाएँ हैं—ज्ञानियों के लिए ज्ञानयोग और योगियों के लिए कर्मयोग—

लोकेऽस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ ।
ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम् ।। (३.३)

इससे स्पष्ट है कि ज्ञानयोग की भांति कर्मयोग भी श्रेयस्कर है।

इसके बाद भगवान् कृष्ण—

'नियतं कुरु कर्मत्वं लर्म ज्यायो ह्यकर्मणः ।
शरीरयात्रारि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः ।। [३. ८],
'मयि सर्वाणि कर्माणि संन्यस्याध्यात्मचेतसा ।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः ।।' [३.३०]

आदि के द्वारा कर्मयोग की ही स्थापना करते हैं। इसी प्रसङ्ग में भगवान् ने कहा है—

न कर्मणामनारम्भान्नैष्कर्म्यं पुरुषोऽश्नुते ।
न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति ।। (३.४)

यह वचन नितान्त रहस्यमय है। भगवान् का उपदेश है कि यदि व्यक्ति कर्म का आरम्भ ही न करे, तो वह निष्कर्म भाव को नहीं प्राप्त हो सकता, अर्थात् कर्म या कर्मफल से मुक्ति की स्थिति नहीं प्राप्त हो सकती, तथा केवल कर्म का परित्याग कर देने से सिद्धि नहीं मिलती। यह सिद्धि नैष्कर्म्य ही है। तात्पर्य यह है कि नैष्कर्म्य न तो कर्म के के अनारम्भ से मिलता है और न तो केवल कर्म के परित्याग से ही। रहस्य यह है कि अनासक्त होकर कर्म करने से नैष्कर्म्य की प्राप्ति होगी, अथवा बुद्धिपूर्वक कर्म के परित्याग से (केवल कर्म के परित्याग से नहीं)।

नैष्कर्म्य सिद्धि का प्रयोग अट्ठारहवें अध्याय (श्लो० ४९) में किया गया है—

असक्तबुद्धिः सर्वत्र जितात्मा विगतस्पृहः ।
नैष्कर्म्यसिद्धिं परमां संन्यासेनाधिगच्छति ।।

यहाँ कहा गया है कि आसक्ति रहित बुद्धि वाला, जितात्मा और स्पृहारहित व्यक्ति कर्मसंन्यास से नैष्कर्म्यरूप सिद्धि प्राप्त करता है। यहाँ नैष्कर्म्य की प्राप्ति के लिए बुद्धिनैर्मल्यपूर्वक कर्मसंन्यास की बातक ही गयी है और 'न च संन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति, में कहा गया है कि केवल कर्मसंन्यास से (अर्थात् बुद्धिनैर्मल्यपूर्वक न किये गये कर्मसंन्यास से) नैष्कर्म्य नहीं मिलता।

गीता के ३।४ श्लोक में संन्यसन पद का प्रयोग किया गया है और १८।४९ में सन्यास पद का प्रयोग। गीता में सन्यसन पद का प्रयोग केवल एक स्थल (३।४) पर मिलता है। सन्यसन पद का प्रयोग केवल कर्म के परित्याग के अर्थ में किया गया है और संन्यास पद का प्रयोग बुद्धिनैर्मल्य-पूर्वक कर्म के परित्याग के अर्थ में। संन्यास पद का प्रयोग ५।१, ५।२, ५।६, ६।२ आदि स्थलों पर भी मिलता है। इन स्थलों पर भी संन्यास पद का प्रयोग बुद्धिनैर्मल्यपूर्वक कर्म के परित्याग के अर्थ में हुआ है।

भगवान् के वचनों से यह स्पष्ट होता है कि नैष्कर्म्य कर्म तथा कर्मसंन्यास—इन दोनों के द्वारा प्राप्त हो सकता है। चूँकि लोक की व्यवस्था तथा सञ्चालन में कर्म का महत्वपूर्ण योग है, अतः अर्जुन—जैसे व्यक्ति के लिए कर्म-योग का मार्ग अत्यधिक श्रेयस्कर बताया गया है।

चतुर्थ अध्याय के प्रारम्भ में भगवान् ने कहा है कि मैंने अव्यययोग अर्थात् कर्मयोग का रहस्य विवस्वान् (सूर्य) को बताया था। विवस्वान् ने मनु को तथा मनु ने इक्ष्वाकु को बताया था। फिर परम्परा प्राप्त इस योग को राजर्षियों ने जाना। यह योग बहुत काल से लोक में नष्ट हो गया है। अब उसी योग का उपदेश कर रहा हूँ—

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम् ।
विवस्वान् मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत् ।।
एवं परम्पराप्राप्तमिमं राजर्षयो विदुः ।
स योगो महता कालेनेह नष्टः परन्तप ।।
स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः ।
भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं ह्येतदुत्तमम् ।। (४. १-३)

यहाँ कृष्ण ने राजर्षियों की परम्परा का उल्लेख किया है। जिस कर्मयोग का साक्षात्कार राजर्षियों ने किया था, उसी कर्मयोग का निरूपण अर्जुन के प्रति किया गया है। राजर्षियों ने कर्मयोग से प्रजा की रक्षा की है और परम तत्त्व का साक्षात्कार किया है। भगवान् कृष्ण अर्जुन को उसी कर्मयोग के अनुष्ठान के लिए प्रेरित करते हैं। राजर्षियों के लिए कर्मयोग का विधान किया गया है क्योंकि यदि वे कर्मयोग का अनुष्ठान न करें, तो व्यवस्था का परि-पालन नहीं हो सकेगा।

पाँचवें अध्याय के प्रारम्भ में अर्जुन का जो प्रश्न है, उससे भी गीता के प्रतिपाद्य का स्वरूप प्रकट होता है। अर्जुन कहते हैं कि हे कृष्ण, आप कर्मसंन्यास और फिर कर्म-

योग की प्रशंसा करते हैं। इनमें से जो अधिक श्रेयस्कर हो, उसका उपदेश करें—

संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि ।
यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम् ।। (५. १)

इसके उत्तर में कृष्ण कहते हैं—

संन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ ।
तयोस्तु कर्मसंन्यासात् कर्मयोगो विशिष्यते ।। (५. २)

कर्मसंन्यास (ज्ञानयोग) और कर्मयोग में कर्मयोग विशिष्ट बताया गया है। यह विशिष्ट इसलिए कहा गया है कि कर्मयोग कर्मसंन्यास की अपेक्षा अधिक व्यक्तियों का हित करता है।

गीता में कई स्थलों पर साङ्ख्य योग, ज्ञानयोग, कर्मयोग आदि पदों के प्रयोग मिलते हैं। साङ्ख्य और योग में बहुत अधिक साम्य है, इसीलिए भगवान् कृष्ण ने कहा है कि जो स्थान (परम तत्त्व, मोक्ष) साङ्ख्ययोगियों द्वारा प्राप्त किया जाता है, वही योगियों द्वारा भी प्राप्त किया जाता है—

यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपिगम्यते ।
एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति ।। (५.५)

यह बात निश्चित रूप से कही जा सकती है कि गीता का साङ्ख्य या योग कपिलके साङ्ख्य या पतञ्जलि के योग से भिन्न है। गीता में साङ्ख्ययोग नाम से भी दर्शन का उल्लेख हुआ है—

अन्ये साङ्ख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे ।। (१३. २४)

साङ्ख्यदर्शन और योगदर्शन की अलग-अलग परम्पराएँ थीं। साङ्ख्य में ज्ञान और योग में साधना का प्राधान्य था। साङ्ख्ययोग रूप में जिस चिन्तन-प्रक्रिया का उदय हुआ, उसमें साङ्ख्य के ज्ञानपक्ष और योग के साधनापक्ष का समन्वय किया गया था।

गीता का कर्मयोग एक विशिष्ट प्रकार का योग है। यह न तो पतञ्जलि का योग है और न तो कपिलका साङ्ख्य ही। यह कर्मयोग ज्ञान से संवलित कर्म का विशुद्ध अनुष्ठान है। अनेक स्थलों पर ऐसे वचन मिलते हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि ज्ञानयोग से परम तत्त्व की प्राप्ति होती है, किन्तु गीता का स्वारस्य कर्म में ही प्रतीत होता है। गीता का कर्मयोग विशेष दर्शन है। इस योग का विश्व के सुन्दर सञ्चालन में—व्यवस्थापन में विनियोग है। यह योग समुज्ज्वल और परिपुष्ट होता है—ज्ञान से। गीता में साधना और भक्ति की भी महिमा वर्णित है। ये भी कर्म के उपकारक हैं। इस कर्मयोग से विश्व का परम कल्याण होता है और मानव निःश्रेयस की प्राप्ति करता है, जबकि ज्ञान से व्यक्ति की मुक्ति तो होती है, किन्तु व्यक्ति का समाज की व्यवस्था में बहुत कम योग होता है।

अनाशिनोऽप्रमेयस्य तस्माद्युध्यस्व भारत ।। (२. १८)
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः ।।(२.३८)
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि ।। (२.३८)
छित्वैनं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत ।। (४. ४२)
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि ।।(१६.२४)

आदि वचनों के द्वारा भगवान् कृष्ण अर्जुन को कर्मके लिए उद्बोधित करते हैं। अन्त में अर्जुन भगवान् से कहते हैं कि हे भगवन्, मेरा मोह नष्ट हो गया और आपकी कृपा से आत्मविषयक स्मृति मिल गयी। मैं संशयरहित होकर आपकी आज्ञा के अधीन खड़ा हूँ। अब आपके कथन के अनुसार आचरण करूँगा—

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत ।
स्थितोऽस्मि गतसन्देहः करिष्ये वचनं तव ।। (१८. ७३)

भगवान् ने गीता में कर्मयोग के द्वारा कर्म के निर्मल स्वरूप की उपस्थापना की है। यह सृष्टि का रहस्य है, विश्व के इतिहास में मानवता के कल्याण की प्रेरणा देनेवाली अद्भुत घटना है।

कृष्ण का जीवन कर्मयोगी का जीवन है। एक ओर योगेश्वर (कर्म के अधिष्ठाता और उपदेशक) कृष्ण हैं और दूसरी ओर धनुर्धर (कर्म के लिए उद्यत) अर्जुन—

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। (१८. ७८)

गीता की भूमिका तथा गीता के निर्देशों के रहस्य, भगवान् कृष्ण की अभिनव लीला तथा अर्जुनके जीवन से प्रकाशित होता है कि भगवान् ने गीता के माध्यम से कर्मयोग—एक अपूर्व दर्शन का प्रणयन किया है।

कबीर साहित्य—योग में सुरति

[डॉ० राममूर्ति त्रिपाठी]

[श्री त्रिपाठीजी का हमें प्रकाशनार्थ प्राप्त लेख बहुत विस्तृत है। स्थानाल्पता के कारण उसका अंश ही प्रस्तुत है—सम्पादक]

'सुरति' है—"तीव्र दर्शन की प्रगति," जिससे क्रमशः एकाग्रभाव की वृद्धि होती है और निरति है—निर्विकल्प ध्यान। इन दो प्रक्रियाओं के परस्पर सहयोग से अष्टदल कमल का भेद भी होना चाहिए तभी परमतत्व की प्राप्ति होती है। उन्मनी मुद्रा द्वारा सुरति की प्रक्रिया (एकाग्रता) सिद्ध हो जाने पर प्रत्येक नेत्र के अंतिम अवयव अग्र दृष्टि में, अग्रगति प्राप्त की जा सकती है। अग्रगति प्राप्त होने पर अष्टदल का भेद हो जाता है। फलतः साकार तथा निराकार का, सविकल्पक तथा निर्विकल्पक का भेद तिरोहित हो जाता है। इसी प्रकार महाशून्य तथा भ्रमरगुहा का भेद करके सत्यराज्य में प्रवेश हो जाता है। यह सत्यराज्य परब्रह्म के केन्द्र में स्थित है। वंकनाल का यहाँ विशेष उपयोग है। यह नाड़ी यों तो मूलाधार से चलती है और घूमती हुई आज्ञाचक्रस्थ विन्दु का स्पर्श करती हुई ब्रह्मरंध्र में प्रवेश करती है और वहाँ से नीचे आकर फिर ऊर्ध्वमुखी होती है। जहाँ वंकनाल समाप्त होती है वहाँ परम शुद्ध विंदु की स्थिति दीखती है। इस साधना में भी शब्द के धुनि-रूप का साक्षात्कार होता है। यही धुनि सद्गुरु है। सत्य लोक के भी ऊपर 'अनामी' है जहाँ किसी के अनुसार धुनि है और किसी के मत से होने पर भी अननुसंधेय है।

सहस्रदल कमल रूप आसमान में सुरति निरति रूप दो तारों का साक्षात्कार हुआ करता है। सुरति का प्रकाश उजला होता है, निरति का श्याम। इसीलिए सहस्रदल कमल को कहीं-कहीं श्यामश्वेत (श्यामसेत) भी कहा जाता है। इसी की छाया आँख में है, आँख की ज्योति उजली है परन्तु घीरी श्याम स्वरूप है। इसीलिए सुरति निरति-दोनों का वास आँख में माना गया है।

सन्तों ने कहीं-कहीं सहस्रदल को अष्टदल भी कहा है। राधास्वामी मत के ग्रन्थों में प्रायः ऐसा मिलता है। उसका कारण आठ धारों का एकत्र होना तो है ही, और भी है।

स्थायीभाव वस्तुतः भावदेह का रूपान्तर है। भाव के विकास के साथ हृदय में प्रवेश प्राप्त होता है। यह अन्तरंग हृदय कमल अष्टदलों से विभूषित है। इसीलिए स्थायी भाव भी मूल अष्टभाव में विवर्तित होकर प्रकाशित होता है। इस अष्टदल कमल का एक-एक दल एक-एक भाव का स्वरूप है। भाव में प्रवृष्ट होकर उसे महाभाव में परिणत होना पड़ता है। यही भावसाधना का रहस्य है।

यह गुप्त कमल है। षट्चक्र के अन्तर्गत जो द्वादशदल रूपी हृदय कमल है, उससे यह पृथक् है। क्योंकि द्वादश दल का भेदन करने के बहुत पीछे, आज्ञाचक्र का भेदन करने पर अन्तर्लक्ष्य की प्राप्ति होती है। परन्तु जब तक लक्ष्योन्मेष नहीं होता अष्टदल में प्रवेश प्राप्त नहीं होता। इसी कारण मध्य युग के बहुतेरे संत अष्टदल को सहस्रदल कमल कहते हैं, अर्थात् कोई-कोई इसको सहस्रदल के अन्तर्गत मानते हैं। यदि यह अष्टदल भाव राज्य है तो हृदय का द्वादशदल भावाभास हो, इससे एक समस्या और सुलझ जाती है, वह यह कि ज्ञान के वाद भक्ति होती है या भक्ति के वाद ज्ञान। द्वादशदल के वाद लक्ष्य का उन्मेष होता है, इस मत से भक्ति के वाद ज्ञान होता है, परन्तु वस्तुतः लक्ष्योन्मेष के वाद जिस भाग्यवान् भक्त को अष्टदल की प्राप्ति होती है, उसकी दृष्टि में ज्ञान के बाद भक्ति होती है। भक्ति दो है ही—परा-अपरा, साधन-साध्या, इसमें इस विरोध का भी निराकरण हो जायगा।

किसी के मत से चित्तगत नाद अथवा नादोन्मुख चित्त ही सुरति और नादलीन चित्त निरति है। डा०

संपूर्णानन्द नादोन्मुख चित्त प्रवाह को सुरति और उसकी पार्यन्तिक चरम उल्लासमयी परिणति (नृत्य) को निरति, डा० बड़थ्वाल बंधमोचनकारिणी स्मृति को सुरति, पर्यवसित आत्मसाक्षात्कार को निरति, पं० परशुराम चतुर्वेदी परमार्थ सत्यप्रतिबिंवग्राही जीव को निर्मल रूप सुरति और निरवलंब आत्मलीन स्थिति को निरति, डा० त्रिगुणायत पिण्डस्थ शब्दात्मिका आत्मशक्ति को सुरति तथा ब्रह्मस्थ शब्द ब्रह्म को निरति, डा० केशरीप्रसाद चौरसिया प्राप्त आत्मा को सुरति तथा प्राप्तव्य को निरति तथा डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी और म० म० गोपीनाथजी कविराज आध्यात्मिक दृश्य दर्शन रत असाधारण दृष्टि को सुरति तथा निर्विकल्पक ध्यान को निरति मानते हैं। इन सबसे भिन्न डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी सुरति को साधन-साध्यरूपा रति और निरति को निरति मानते हैं। डा० चौहान सुरति को चित्त या मन का पर्याय मानते हैं और उसकी शब्दलीन स्थिति को निरति।

सुरत चैतन्य से शब्द गुरु की धारणापूर्वक आरती करने की आवश्यकता है। सुरत में जो रस लेने वाला अंग है—वह प्रत्येक स्थान पर रत होने लगता है और जो अंग रत नहीं होता वह निरत है। निरत सुरति की आस्वाद दशा में दीपक के प्रकाश का काम करती है। सुरत इसी प्रकाश में आगे बढ़ती है। इस निरत रूपी ढाल के ले लेने पर सुरत अपने इन अंगों के बल से चढ़ाई करती है। इसी प्रकार कबीर पंथी छत्तीसगढ़ी शाखा की धारणा यह है कि श्वास की गति सहस्रदल कमल तक ही है। आगे जाने के लिए सुरति की डोर पकड़नी पड़ती है। अतः मन के आगे चलने वाली चेतन धारा ही इस पंथ में 'सुरति' है और स्वरुप की ओर ले जाने वाली धारा 'निरति' है।

वेदान्त जिसे आत्मा कहता है, शब्दयोग के आचार्य उसे ही सुरति कहते हैं। कारण, व्यापार मात्र (क्रिया प्रतिक्रियात्मक) की अनुभवाकार मति या सूझ इसी चिन्मयी शक्ति से हुआ करती है। सूझ के भी प्रकाशक होने के कारण इसे 'सुरति' कहा गया है। सुरति, संवित्, संवेदन, चित्कला, चेतन तथा जीवकला आदि परस्पर पर्याय हैं। भेद है तो उपाधिगत तारतम्य के कारण, शब्दमार्गियों का सिद्धान्त है कि जो धारा प्रकट होकर भूमि पर आई है उसे उलटकर फिर वहीं ले जाना है।

सुरत ज्ञानवाह धार है, चेतन प्रवाह है, परतत्वात्मक सूर्य की किरण है—वह जितना ही अपने केन्द्र की ओर उन्मुख और संपृक्त तथा घनीभूत होती जाती है, उस पर पड़े हुए जितने आवरणों से वह मुक्त होती जायेगी, उसकी आंतरिक क्षमता उतनी ही बढ़ती जायगी। प्रायः चेतना की क्षमता में लोकोत्तर वृद्धि करने के निमित्त प्रयोक्ता गण उसे बेहोश हालत में ले जाते हैं अथवा स्वयं समागत बेहोशी में भी किसी-किसी को लोकोत्तर अनुभूतियाँ होती हैं। निष्कर्ष यह कि सुरत चैतन्य को विकसित करने के लिए उसकी शक्ति में वृद्धि करने के निमित्त व्यायाम की आवश्यकता है। यही व्यायाम सुरत शब्द योग है।

समाधि और रसानुभूति

[डा० रेवाप्रसाद द्विवेदी]

१०वीं शती के बाद संस्कृत-काव्य-समीक्षा का अन्य दर्शनों के साथ तुलनात्मक अध्ययन होता रहा, विशेषतः तब से जब अनुभूति क्षेत्र को भी काव्य समीक्षकों ने अपना क्षेत्र बना लिया। सहृदय को होने वाली रसानुभूति भी ऐसा ही एक क्षेत्र है। इसमें बौद्ध, शैव, न्याय, वेदान्त और वैशेषिक दर्शनों के ही समान योगदर्शन का भी समावेश होता है।

सहृदय के चित्त में मंचन या शब्दों द्वारा शृङ्गारादि से संबन्धित नायक, नायिका एकान्त आदि स्थान और उनकी चेष्टाएं प्रतिफलित होती हैं तो उसके स्वयं के चित्त में वासना रूप से विद्यमान रति आदि भाव जाग उठते हैं। यह जागरण अभिव्यक्ति कहलाता है। सहृदय का अर्थ है जीवात्मा। नायक नायिका आदि को कहा जाता है विभाव, अनुभाव तथा संचारीभाव। रति आदि को स्थायी भाव माना जाता है। जब 'विभाव' अनुभाव, संचारी और स्थायी' इन सभी के समुदाय का साक्षात्कार जीवात्मा करता है तब उसकी आनन्दकला जाग उठती है और उस स्थिति में उसी जीवात्मा को या उसके द्वारा देखे जा रहे विभावादि से संवलित रति आदि स्थायी भावों को शृंगार आदि रस कह दिया जाता है।

इस अनुभूति की अपनी कुछ विशेषताएं हैं। एक तो यह कि इसमें घट पट आदि के ज्ञान में जिस प्रकार नेत्रादि की आवश्यकता होती है उस प्रकार किसी इन्द्रिय की आवश्यकता नहीं रहती। इन्द्रियां केवल नायक-नायिका आदि को चित्त तक पहुंचाने तक सीमित रहती हैं। अनुमान और शब्द भी यहीं तक सीमित रहते हैं। इस कारण रसानुभूति न तो प्रत्यक्ष है, न अनुमान और न शाब्द।

दूसरी विशेषता यह है कि इसमें न केवल अद्वैत रहता और न द्वैत। अद्वैत इसलिए नहीं कि रसानुभूति के समय नायक-नायिका आदि का भी ज्ञान होता रहता है और रति आदि भावों का भी, किन्तु द्वैत इसलिए नहीं कि इस अनुभूति के समय बाह्य विश्व छूट जाता है और जीवात्मा आत्माराम बन जाता है।

तीसरी विशेषता यह कि यह अनुभूति एकमात्र आनन्दात्मिका होती है, दुःख और मोह का इसमें बोध नहीं होता।

चौथी विशेषता यह है कि यह अनुभूति न तो उत्पन्न कही जा सकती और अनुत्पन्न। उत्पन्न तो इसलिए नहीं कि इसमें जिन आत्मा और रत्यादिभावों का बोध होता है वे पहले से विद्यमान रहते हैं, अंधकार में घट पटादि के समान। अनुत्पन्न इसलिए नहीं कहा जा सकता कि पहले इस अनुभूति का अभाव रहता है, अतः यह प्रागभावप्रतियोगी है। किन्तु सांख्य की दृष्टि से प्रागभावप्रतियोगित्व और सत्त्व परस्पर विरुद्ध पदार्थ हैं अतः इसे पहले अविद्यमान न कहकर अनभिव्यक्त कहना चाहिए।

पाँचवीं विशेषता यह है कि जब जीवात्मा रूपी सहृदय इस अनुभूति में आता है तब उसे रस-सामग्री के अतिरिक्त किसी भी वस्तु का बोध नहीं होता और वह वेद्यान्तर संस्पर्श-शून्य हो जाता है।

यहीं योगदर्शन का स्मरण हो आता है। समाधि की स्थिति में योगी जब तक आता जाता रहता है तब तक उसमें आत्मचैतन्यविषयक चित्तवृत्ति बनी रहती है। अतः वह अपरिपक्व योग माना जाता है और उसे युक्त स्थिति का राही माना जाता है, इसलिए युंजान कहा जाता है। चित्त-वृत्ति खंडित होते ही यह योगी संसार को भी देखने लगता है। इसके अतिरिक्त दूसरा योगी जिसे परिपक्व और युक्त योगी कहा जाता है उसमें चित्तवृत्ति भी नहीं रहती और उसे एकमात्र 'आत्मा' का ही बोध होता है। इस प्रकार के योगी को संसार का बोध कभी नहीं होता। यह आत्मा के द्वारा आत्मा का दर्शन करता है और इसके दृश्य, दर्शन तथा द्रष्टा तीनों एक हो जाते हैं।

योगियों के उक्त अनुभवों और रसानुभव में समानता है। रसानुभव में वाह्य वस्तुओं का वोध नहीं होता और समाधि की स्थिति में भी। योग की समाधि में जो ज्ञान होता है उसमें इन्द्रियों की अपेक्षा नहीं रहती, रसानुभूति में भी। समाधि में एकमात्र आनन्द का अनुभव होता है और रस में भी। समाधि में अनुभविता अपने आप में डूवा रहता है और उसके अनुभव में एकतानता रहती है, रसानुभूति की स्थिति में भी। समाधिस्थ योगी लौकिक ईर्ष्या, द्वेप आदि से मुक्त रहता है तो रसानुभूति के समय सहृदय का जीवात्मा भी। उसकी परिमितता छूट जाती है और वह साधारणीकृत स्थिति में यदि सव उपाधियों से नहीं तो अनेक उपाधियों से मुक्त हो जाता है। जव कभी समाधि शक्तिपात के कारण होता है या पूर्वजन्मार्जित अभ्यास होता है। योगी को योग के आठों अंगों की अपेक्षा नहीं रहती और वह विना किसी यत्न या तज्जनित क्लेश के समाधितक पहुँच जाता है। रस में पहुँचने के लिए तो क्लेश कभी करना ही नहीं पड़ता, हाँ सहृदयता अर्जित करने के लिए कुछ अनुमान और कुछ लोकानुभव अवश्य अपेक्षित होता है। लौकिक रसों में यह क्लेश रहता ही है। इस कारण उनके साथ तो रसानुभूति की तुलना संभव ही नहीं।

योग की इस अनुभूति से रसानुभूति का साम्य रहते हुए भी भेद रहता है। योगज समाधि में चित्तवृत्ति आत्मा को पकड़ती है—आत्माकाराकारित रहती है, जवकि रसानुभूति में वह कदाचित् रहती ही नहीं क्योंकि यहाँ द्रष्टा जीवात्मा रहता है, किन्तु यदि रत्यादि समुदाय को वनाए रखने के लिए उस स्थिति में भी काव्य विपयिणी चित्तवृत्ति माननी पड़ जाय तो भी योगी की समाधि की चित्तवृत्ति के विपय से रस स्थिति के विपय में भेद रहता है। एक का विपय एकमात्र आत्मा होता है और दूसरे का एकमात्र काव्य या काव्यार्थ अथवा नाट्य और नाट्यार्थ।

भिन्नता क्षणिकता को भी लेकर है। युक्तयोगी का अनुभव स्थायी होता है और उसे सार्वदिक कहा जाता है। जवकि रस तभी तक प्रतीत होता है जव तक विभावादि की प्रतीति होती रहती है। अपरिपक्व योगी की समाधि भी इतनी अधिक भंगुर नहीं होती। रस तो एक धारा है, जिसका प्रत्येक क्षण प्रत्येक स्वतन्त्र एकल लिए रहता है किन्तु उन सभी एकलों में समय का अन्तराल इतना कम रहता है कि वह जैसे प्रतीत ही नहीं होता। इसीलिए 'रस' को असंलक्ष्य-क्रम कहा जाता है।

अन्य आचार्यों ने युंजान और युक्त योगी के अनुभव से रसानुभूति को अन्य मुद्दों पर भिन्न किया है और कहा है कि प्रथम योगी को आत्मानुभव के ही साथ संसार का भी वोध रहता है। जवकि द्वितीय योगी को नहीं। किन्तु प्रथम योगी को भी इतने नीचे नहीं उतारा जा सकता। प्रत्याहार के वाद होने वाली समाधि में प्रत्याहार के पहले के वोध का स्पर्श संभव नहीं, किन्तु अधिक विचारकों (काव्यप्रकाश आदि के टीकाकारों) का यही मत है। उक्त चित्तवृत्ति की वात पंडितराज जगन्नाथ ने उठाई है और गोकुलनाथ ने अपने काव्यप्रकाश विवरण में।

यह हुई रस के उस पक्ष की योगज समाधि से तुलना जिसे अग्निपुराण, मधुसूदन सरस्वती और स्वामी करपात्री जी ने लौकिक काव्यरस कहा है। इनके अनुसार जो एक अलौकिक काव्यरस है वह केवल भक्तिरूप है। इस रस में रसिक या जीवात्मा सदा युक्त योगी ही रहता है क्योंकि यहाँ 'विभाव, अनुभाव, संचारी भाव, स्थायी भाव, आत्मा और वृत्ति'—ये सव केवल 'आत्म' रूप होते हैं और यहीं आत्मा होता है संप्रदाय भेद से श्रीकृष्ण, राम, शिव, शक्ति आदि। राधा, सीता, पार्वती आदि इससे भिन्न नहीं और यह एकमात्र शुद्ध आत्मरमण की स्थिति रहती है। इस स्थिति का रसिक रस रूप ही रहता है और रस रसिक रूप। फलतः यहाँ योगी सदा युक्त ही रहता है। हाँ, भक्ति की अपरिपक्वता में उसमें कथंचिद् द्वैध और लौकिकता आ सकती है।

हमारे अनुसार लौकिक, काव्यादि योगजन्य और आध्यात्मिक सभी रस रसावस्था में आनन्दात्मक होते और वे उस समय द्वैतविवर्जित ही रहते हैं। सिता शर्करा आदि के अनुभव से जो रस लोक में मिलता है उसमें भी व्यक्ति-चेतना समाहित होती है और सर्वविध अन्य वेद्यों के संस्पर्श से रहित समाधिस्थ ही होती है। उसकी प्राप्ति में प्रपञ्च की अधिकता को लेकर उसे तुच्छ कहा जा सकता है, किन्तु रस रस ही है चाहे वह लोक-लभ्य हो या योग-लभ्य, काव्यलभ्य हो या अध्यात्मलभ्य।

श्रीकरपात्रस्वामी विशे शतकेऽत्रकाव्यशास्त्रेनः।
साक्षाद् रसस्वरूपो पर आचार्यो रसस्य विश्लेषे॥
तत्पदपङ्केरुहयोः समर्प्यतेऽसौ सनातनेनात्मा।
यत्रात्मा वा परात्परं वा न भिन्नमेकस्मिन्॥

योग और शाङ्करदर्शन

[श्रीकेदारनाथ त्रिपाठी]

शाङ्करदर्शन अद्वैतब्रह्मदर्शन के रूप में सुप्रसिद्ध है। इसके अनुसार सभी आत्मा के ब्रह्माभिन्न होने से परस्पर में भी इनका प्रतीयमान भेद अपारमार्थिक है एवं प्रतीयमान जड़ जगत् की भी अधिष्ठान ब्रह्मातिरिक्त स्वतन्त्र सत्ता नहीं है। वस्तुतः प्रतीयमान जीवभेद या प्रपञ्च भेद का अपलाप प्रतीतिकाल में अद्वैत दर्शन भी वैसे ही नहीं करता है, जैसे भ्रमदशा में या स्वप्नावस्था में प्रतीयमान पदार्थ का अपलाप प्रतीति काल तक कोई नहीं करता। यदि ऐसा कर सकता तो एतदर्थ श्रुतियों का उपदेश व्यर्थ ही होता। मानव जीवन का लक्ष्य यदि स्थूल अनुभव में ही पर्यवसित होता तो न कोई सूक्ष्म वैज्ञानिक अन्वेषण हो पाते और न सूक्ष्मातिसूक्ष्म ब्रह्मतत्त्व का परिचय ही हमें श्रुतियों से हो पाता।

हम स्थूल प्रपञ्चभेद का अनुभव भले ही स्वसामर्थ्य से कर लें, तथापि श्रुतिमात्रैकगम्य ब्रह्म के साथ जीव और जड़ प्रपञ्च का क्या सम्बन्ध है, यह जान सकना हमारी शक्ति के बाहर की वस्तु है। यक्ष के साथ वृक्ष का सम्बन्ध कोई नहीं जान सकता, जैसे पक्षी के साथ जानता है। यही बता देना श्रुतियों का कार्य है और महावाक्यों द्वारा ब्रह्मा-भिन्न रूप में अपने को और विश्व मात्र को अनुभव करना ही मुक्ति साधन है या यही मुक्ति है। यही शाङ्करदर्शन का सारभूत सिद्धान्त है।

इस दर्शन के साथ योग का क्या सम्बन्ध है या सामञ्जस्य है, यही यहाँ हमारा विचारणीय विषय है। योग दर्शन एक ऐसा दर्शन है, जो सभी दर्शनों के लिये सर्वतन्त्र सिद्धान्त के रूप में मान्य है। वस्तुतः अन्य दर्शन यदि सिद्धान्त हैं तो योगदर्शन उन सभी का प्रयोग है या प्रक्रिया है। इसीलिये वैदिक ही नहीं, किन्तु अवैदिक सम्प्रदाय ने भी अपने दार्शनिक तत्त्व के साक्षात्कार हेतु योग प्रक्रियाओं का आश्रय लिया। ध्याननिष्ठ बुद्ध या समाधि सम्पन्न महावीर योगी थे। इनका ध्येय तत्त्व भले ही कुछ अन्य हो पर ये दोनों ही यम-नियमादि सम्पन्न थे। चित्त वृत्तियों का निरोध ही तो योग है—**"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः"**। योगदर्शन भी इनके ध्यान का समर्थन करता है—**"यथाभिमतध्यानाद्वा"** इसी-लिये बौद्ध सम्प्रदाय के अभिधर्मकोश प्रभृति ग्रन्थों में ध्यान, समाधि और उसके फल का सविस्तार वर्णन किया गया तथा जैन सम्प्रदाय में 'योगसारप्राभृत' प्रभृति ग्रन्थों की रचना हुई।

वैदिक दर्शनों की तो भित्ति ही योग की नींव पर आधृत है। न्याय दर्शन में कहा है "अपवर्ग के लिये आत्मसंस्कार अपेक्षित है और आत्म संस्कार के लिये यम नियम आवश्यक हैं।" आत्म संस्कार का अर्थ है—अपवर्ग प्राप्ति की क्षमता। योगशास्त्रोक्त आत्मतत्त्व साक्षात्कार के साधनों से भी आत्म संस्कार करना सर्वदर्शन मान्य है।

वैशेषिक दर्शन में कहा गया है कि अभ्युदय के लिये यम नियम भी आवश्यक है। प्रशस्तपाद भाष्य में भी कहा गया है कि—योग के प्रभाव से धर्म की उत्पत्ति होती है और उस योगज धर्म से अनुगृहीत हुआ मन सूक्ष्म तत्त्व का भी साक्षात्कार करने में समर्थ हो जाता है।

सांख्य दर्शन में भी अनेक सूत्रों में योग की अपेक्षा प्रद-शित की गयी है।

किन्तु योग के साथ सामञ्जस्य के सम्बन्ध में वेदान्त दर्शन की स्थिति भिन्न है। वहाँ द्वितीयाध्याय के प्रारम्भ में सांख्यस्मृति का प्रत्याख्यान करने के बाद योग का भी शब्दोल्लेख पूर्वक खण्डन किया गया है कि—"एतेन योगः प्रत्युक्तः"। इस सूत्र के भाष्य के प्रसङ्ग में श्री शङ्करा-चार्य के सामने भी यह समस्या थी। वे स्वयं एक योगिराट् थे और योगाभ्यास-सम्पन्न थे। आचार्यमण्डन मिश्र की पत्नी भारती के साथ शास्त्रार्थ विचार के अवसर पर उन्होंने अपना यौगिक चमत्कार दिखाया भी था। ऐसी स्थिति

में वेदान्त सूत्रोक्त योग प्रत्याख्यान उन्हें कैसे अभिप्रेत हो सकता था। फिर भी वहाँ के सांख्य प्रसङ्ग में योग का प्रत्याख्यान होने से तथा वहाँ का शारीरक भाष्य देखने से स्पष्ट विदित हो जाता है कि उस सूत्र एवं वहाँ के भाष्य में योग का आंशिक प्रत्याख्यान ही किया गया है न कि योगानुशासन मात्र का निराकरण किया गया है।

योग प्रत्याख्यान का स्पष्टीकरण करते हुए भाष्यकार ने कहा है **"तत्रापि श्रुतिविरोधेन प्रधानं स्वतन्त्रमेव कारणं महदादीनि च कार्याण्यलोकवेदप्रसिद्धानि कल्प्यन्ते"** अर्थात् जगत् के प्रति प्रकृति की स्वतन्त्र कारणता का तथा महदादि क्रम से सांख्य के समान योग में भी की गयी सृष्टि कल्पना का ही निराकरण किया गया है। इसी प्रकार सांख्य और योग में स्वीकृत आत्मनानात्व कल्पना का भी शाङ्करदर्शन में प्रतिषेध किया गया है एवं सांख्यवत् योग में भी इन्द्रियों को आहङ्कारिक अर्थात् अहङ्कार तत्त्व से उत्पन्न माना गया, जिसका शाङ्करदर्शन से सामञ्जस्य नहीं है। जहाँ योगमत में महदाद्यात्मक जगत् प्रकृति का सत्तात्मक परिणाम है, वहाँ शाङ्करदर्शन में आकाशाद्यात्मक संसार ब्रह्म का प्रतीयमान विवर्त मात्र है।

इन दृष्टियों से योगमत का आंशिक प्रत्याख्यान किये जाने पर भी भगवान् शङ्कराचार्य ने बड़े सम्मान के साथ योग की मान्यता का समुल्लेख अपने शारीरक भाष्य में किया है। जिससे योग के प्रति उनका श्रद्धातिरेक सूचित होता है। सूत्र में योग का निराकरण तो उसी अंश में किया गया माना है, जिस अंश में वेदविरुद्धत्व प्रसक्त है, जैसे पूर्वोक्त आत्मनानात्व।

स्पष्ट है कि शाङ्करदर्शन में सैद्धान्तिक दृष्टि से ऊपर दिखाये कुछ अंशों में योग के साथ महान् अन्तर है। आत्मा की आनन्दरूपता भी शाङ्कर- दर्शनाभ्युपगत, सांख्य-योग में अस्वीकृत है। फिर भी आत्मा की निर्गुण स्वभावता एवं सच्चिद्रूपता के अंश में दोनों का सर्वथा सामञ्जस्य है। योग के प्रक्रियांश के प्रति तो योग और शाङ्करदर्शन में सर्वथा सामञ्जस्य है। क्योंकि तत्त्वसाक्षात्कार के लिये चित्तशुद्ध्यर्थ यौगिक प्रक्रिया नितान्त आवश्यक है। इसके अभाव में विक्षिप्तचित्त की दशायें "श्रोतव्यो मन्तव्यः" इस श्रुति में विहित निदिध्यासन साधक के लिये सर्वथा असंभव है। वेदान्त के उक्त सूत्र के अन्य भाष्यकारों ने भी योग के सम्बन्ध में ऐसा ही अभिप्राय व्यक्त किया है।

अपार करुणा सागर

ज्ञान विज्ञान के महासमुद्र

श्री शंकराचार्य नवावतार

परम पूज्य स्वामी अनन्तश्री करपात्री जी

महाराज के ७१ वें प्राकट्य दिवस पर

अनन्त प्रणाम

डा० रमागोविन्द त्रिपाठी चक्रवर्ती

पुराणेतिहास विभागाध्यक्ष

जो० म० गोयनका महाविद्यालय—वाराणसी

'कामायनी' में भक्तियोग

[डॉ० युगेश्वर]

[आदरणीय लेखक के विस्तृत लेख का स्थानाल्पतावश संक्षिप्त रूप प्रस्तुत हो सका है ।—सम्पादक ।]

कामायनी का प्रथम सर्ग चिंता सर्ग है। प्रसाद की दृष्टि में चिंता आध्यात्मिक उन्नति का प्रथम सोपान है। मनुष्य जब आध्यात्मिक उन्नति करने लगता है, तब उसके चित्त में नाना प्रकार के भाव उत्पन्न होते हैं, और उन्हीं भावों के पर्यालोचन में उसके हृदय में एक अपूर्व शक्ति उत्पन्न होती है, उसे लोग चिंता कहते हैं। इस चिंता के द्वारा मनुष्य शक्तिमान की खोज करता है। प्रसाद की दृष्टि में मानव सृष्टिधारा महासागर की ओर जा रही है। श्रद्धा जल है। भक्ति वेग है, गमन ज्ञान है, योग हो जाना ही महा सम्मेलन है। श्रद्धा और भक्ति में केवल नामान्तर है। श्रद्धा का पूर्ण स्वरूप भक्ति है। भक्ति मुक्ति से बड़ी है। प्रसाद कहते हैं—'मुक्ति से मनुष्य ईश्वर में मिल सकता है और भक्ति से मनुष्य ईश्वर को अपने पास बुला सकता है।'

भक्ति निराशा में, अशांति में, सुख में शांति देती है, आनन्द देती है। देव सृष्टि के नाश से उत्पन्न निराशा के बाद भक्ति मनु में आनन्द का संचार करती है। कामायनी भक्ति का परंपरित काव्य नहीं है। यह उसकी शक्ति है। भक्ति ग्रंथ होकर भी भक्ति के नवधा रूपों का अक्षरशः पालन आवश्यक नहीं। प्रसाद ने भक्तितत्त्व को स्वीकार किया है न कि उसके सोपानों और भेदों को। मनु अमर पुत्र हैं। नयी सृष्टि का संकट है मृत्यु। अमृत पुत्र को मृत्यु घेरे है। सभी मृत्यु सागर में डूब रहे हैं। मृत्यु न केवल मानव की होती है वल्कि पूरी सृष्टि मरती है। प्रलय के रूप में मरती है। कोई भी मृत्यु से बच नहीं सकता। मृत्यु को जीतने में सभी विफल हो रहे हैं। महामृत्यु की ओर संकेत करते हुए कवीर कहते हैं—

चंदो जैहै सुरजो जैहै जैहै पवनो पानी ।
कह कबीर हम भगत न जैहें जाकी मति ठहरानी ॥

किसमें ठहरानी। ईश्वर में ठहरानी। प्रभु में अर्पित मन। कामायनी में मृत्यु का काला शासन चला—

काला शासन चक्र मृत्यु का कब तक चला न स्मरण रहा। मृत्यु का काला शासन चक्र था। सभी उस चक्र में पिस गये। ग्रह तारा बुद्बुद से लगने लगे। सूर्य की आभा मलिन हो गयी। प्रकाश के सारे उपकरण (सूर्य चन्द्र), रात-दिन के पहर बताने के साधन (सूर्य, चन्द्र, तारे आदि) सभी डूब गये। पवन, पानी एक हो गये। पंच महाभूतों में उद्वेलन मच गया है। केवल एक बचा भक्त। कैसे बचा ? गीता कहती है—जो मेरे परायण हुए भक्त जन संपूर्ण कामोंको मुझमें अर्पित कर मुझे अनन्य ध्यान और योग से निरंतर चिंतन करते हुए भजते हैं, मुझमें चित्त लगाने वाले उन प्रेमी भक्तों का मैं शीघ्र ही मृत्यु-रूपी संसार समुद्र से उद्धार करता हूँ। कबीर की दृष्टि में भक्त नहीं मरता है। सारा संसार मरता है फिर भी भक्त जीता है। क्यों जीता है ? कैसे जीता है ? किसके द्वारा जीता है ? कबीर के शब्दों में—मैं न मरों मरिहैं संसारा, मुझको मिला जिवाव निहारा।

मनु प्रलय—समुद्र में डूब रहे थे। मत्स्य के रूप में स्वयम् भगवान ने उद्धार किया। विवेकानन्द भक्ति योग का रहस्य बताते हुए कहते हैं—'भक्ति योग का रहस्य यह है कि मनुष्य के हृदय में जितने प्रकार की वासनायें और भाव हैं, उनमें से कोई स्वरूपतः अधम नहीं है, उनको धीरे-धीरे अपने वश में लाकर उनको उत्तरोत्तर उच्च दिशा में उन्मुख करना होगा, जिससे वे अनंत परमोच्च दशा को प्राप्त हो जायँ।' देह के प्रति मोह आसुरी प्रवृत्ति है। आसुरी प्रवृत्ति के लोग देह को ही सब कुछ समझते हैं। यह देहात्म बुद्धि है। किन्तु भक्त इस देह से ऊपर की वस्तु, प्राप्त करता

चाहता है। यज्ञ, बलि, हिंसा आदि देह पूजक असुरों के धर्म हैं। यज्ञ, बलि आदि इसलिए भी बुरे हैं कि ये भयोपासना है। जहाँ भय है वहाँ भक्ति नहीं हो सकती। भगवान् तो भक्ति परिवार के सर्वोच्च पुरुष हैं। परिवार में भय कैसा। प्रेम और भय साथ नहीं चल सकते। मनु असुरों के चक्कर में फँस जाते हैं। इसीलिए तर्क और शास्त्र की शरण में जाते हैं। जब तक तर्क और शास्त्र हैं भक्ति नहीं आ सकती। भक्ति का आधार विश्वास है, शरणागति। इसमें आसक्ति मूलक वैराग्य है। भगवान के प्रति आसक्ति जैसे-जैसे बढ़ती है संसार के प्रति वैराग्य बढ़ता है। प्रेम विशेषोन्मुख होता जाता है। सामान्य दुनिया छूटती जाती है। जब राजराजेश्वर से प्रेम हो गया तो और सब तो उसके कटाक्ष पर नृत्य करते हैं। परा को पाकर भी मनुष्य अपरा को बिलकुल छोड़ नहीं देता। अब उसकी रुचि मात्र बदल जाती है। वह उर्ध्वगामी हो जाता है। इसलिए भक्त संसार की वस्तुओं के प्रति तटस्थ हो जाता है। उपेक्षा और आसक्ति रहित हो जाता है। जल-कमलवत रहकर भी ऊपर रहता है। अलिप्त रहता है। मनु परिवार की निन्दा नहीं करते। दुनिया को बुरा नहीं बताते। किंतु आनन्द सर्ग में जाकर वे उससे अलिप्त हैं। श्रेष्ठ भक्त मानव प्रेमी होता है। जाति पाँति, देश दुनिया के भेदों से मुक्त रहता है। मातृमूर्ति श्रद्धा विश्वमूर्ति दिखाई पड़ती है। राष्ट्रीयता से अंतर्राष्ट्रीयता।

मनु ने देखा कितना विचित्र।
वह मातृ मूर्ति थी विश्व मित्र॥

यज्ञ-याग से परमतत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती। यज्ञ उद्देश्यपूर्ण कामना पूर्ति के लिए होते हैं। अतः वे राजसी हैं। असुर पुरोहित द्वारा यज्ञ उससे भी हीन तामसिक है। इस यज्ञ में हिंसा है। हिंसा तमस है। गिराने वाला है। दूसरी स्थिति योग और ज्ञान की है। ये साधन भी अपूर्ण हैं। यहाँ भी पूर्ण समर्पण नहीं हो पाता। इसीलिए भक्तों ने स्वयं को ईश्वर रूप में देखा। प्रेमी भक्त समर्पण को ईश्वर सेवा का मूल मानता है। कामायनी का विश्वास संपूर्ण समर्पण में है। समर्पण के द्वारा ही संसार-समुद्र को पार किया जा सकता है।

कामायनी में भक्त कौन है, भगवान् किसे कहेंगे? भक्त और भगवान् दो नहीं होते। उनमें और उनके जन में भेद नहीं है। (तस्मिंस्तज्जने भेदाभावात्-नारद भक्ति) भगति, भगत, भगवत, गुरु रूप वपु एक। अर्जुन और कृष्ण एक हैं जय-विजय जैसे। 'पांडवानां धनंजयः' (मैं कृष्ण, पांडवों में अर्जुन हूँ)। भक्ति एक भाव है। एक स्थिति और चेतना है। इस भाव, स्थिति और चेतना का प्रतिनिधित्व कहीं मनु और कहीं श्रद्धा द्वारा होता है। उपास्य-उपासक के रूप में मन के ही दो भेद हैं। शिव-पार्वती की तरह विच्छिन्न और युगनद्ध। कबीर की दृष्टि में शक्ति, शिव, जीव में अभेद है।

यह मन ही सब कुछ है—

यह मन सक्ती यह मन सीव।
यह मन पंच तंत्र का जीव॥ (कबीर)

शिव शक्ति (मनु-श्रद्धा) का समयोग ही परमात्मा है (शिव शक्ति समायोगः परमात्मेति निश्चतम्—शिवपुराण)। द्वैत-नाशवान् है। अद्वैत अविनाशी। श्रद्धा कहाँ है? मन (मनु) में। सच्चा, शुद्ध और पवित्र मन श्रद्धा युक्त होता है। श्रद्धा युक्त मन भगवान को प्रिय है। भक्ति के लिए मन का समर्पण, जरूरी है। श्रद्धा पूरित मन ही समर्पित होता है। यह समर्पित व्यक्ति शांति और आनन्द पाता है। नारी श्रद्धा आनंदित करती है। उसने आरंभ में ही अपने को समर्पित कर दिया। मनु अपनी साधनाहीनता के कारण श्रद्धा को स्वीकार नहीं कर सके। श्रद्धामय नहीं बने। अज्ञश्च, अश्रद्धधानश्च संशयात्मा विनश्यति—अश्रद्धालु का नाश होता है।

मनु तुम श्रद्धा को गये भूल।

उस पूर्ण आत्म विश्वासमयी को उड़ा दिया था समझ तूल।

श्रद्धा इस जीवन का रहस्य है। यह सृष्टि कल्याण भूमि है। यहाँ व्यक्ति (जीव) अपने कल्याण के लिए आता है—

कल्याण भूमि यह लोक यही श्रद्धा रहस्य जाने न प्रजा।

इस सत्य को न जानने के कारण लोग दुखी होते हैं। कामायनी की यह बात उनके विरुद्ध जाती है जो जगत् को मिथ्या और माया मानते हैं। जिनके लिए यह संसार दुख है। पाप का आगार है। इससे मुक्त होना ही पुरुषार्थ है। कामायनी

वैराग्य मूलक ग्रंथ नहीं है। दुनिया बुरी है। इसलिए दुनिया को छोड़ो ठीक नहीं है। भक्ति का वैराग्य राग मूलक है। प्रसाद की यह विचारणा कृष्ण भक्तों के नजदीक है। कृष्ण भक्त संसार को रम्य मानते है। वल्लभाचार्य ने अपने तत्वदीप निबंध में ब्रह्म को आनन्दमूर्ति कहा है। सारा जगत् इसी आनंद मूर्ति का प्रतिविंव है—

जो हरि करै सो होई कर्त्ता नाम हरी।
ज्यों दर्पण प्रतिबंध त्यों सब सृष्टि करी।।
शुद्ध प्रेममय रूप पंच भूतन ते न्यारी।
तिन्हें कहा कोउ कहै जोति सी जग उजियारी।।

—रास पंचाध्यायी, नंददास

ब्रह्म आनन्दमय है। जगत् प्रेममय है। क्योंकि ब्रह्म ही जगत् का आधार है। राधा के पूर्ण मुख चन्द्र को देखकर कृष्ण तन में आनन्द सिंधु उछलने लगता है—

आनन्द सिंधु बढ्यो हरितन में।
श्री राधा पूरनससि निरखत उमगिचल्यौ व्रज वृंदावन में।।

मनु और श्रद्धा का संवंध भी कुछ ऐसा ही है। श्रद्धा और मनु एक ही तत्व के दो पहलू हैं। मनु और श्रद्धा का संवंध जल और जलधर का है। अग्नि और दीपक जैसा है। श्रद्धा को गुरु कहा गया है। भागवत में कृष्ण ने अपने को गुरु कहा है—आचार्य मा विजानीयात् ११।१७।२६। कामायनी के मनु श्रद्धा अनादि निधन हैं। सृष्टि काल आने पर ब्रह्म परमात्मा जगन्मय सर्वगामी सर्व भूतेश्वर, सर्वात्मा परमेश्वर ने स्वयं ही इच्छानुसार परिणामी प्रकृति और अपरिणामी पुरुष में प्रविष्ट होकर उनको सृष्टि कार्य के लिए क्षोभित और प्रेरित किया। भक्ति मानव प्रेम की प्रक्रिया है। सच्चा भक्त मानव प्रेमी होता है। वह पूरी सृष्टि के प्रति अहिंसा भाव रखता है। यह विश्व प्रेम का ही एक रूप है। सभी देशों, जातियों और वर्गों में हमारा अराध्य व्याप्त है। फिर विरोध और घृणा कैसी ? सच्चा भक्त संपूर्ण जीवों में भगवान् को देखता है। जहाँ भगवान् हैं वहाँ उसकी भक्ति है। सभी में सर्वत्र भगवान् के दर्शन से भक्त की दृष्टि में खास चमक आ जाती है। उसका व्यवहार वदल जाता है। उससे कोई गलती न हो जाय कि उसके वगल का भगवान् दुखी हो। अव वह स्वयं पवित्र रहकर समाज को पवित्र रखने की कोशिश करेगा। ठगना, लूटना, अनाचार करना, छूट जायगा। सच्चा भक्त निर्वाध होता है। उसमें उदारता, परदुखकातरता, प्रेम, अहिंसा आदि गुणों का विकास होता है। त्याग तो उसका स्वाभाविक गुण है। वह स्वार्थी नहीं वन सकता। भक्ति तो नर जीवन की पशुता को दूर करने का साधन मात्र है। सहिष्णुता उसका गुण वन जाती है। वह किसी को दुखी नहीं देख सकता है। वह शोषक नहीं हो सकता। पराई पीर की अनुभति वैष्णवता की पहली शर्त है। कामायनी के कर्म सर्ग में श्रद्धा द्वारा उपदेश में ये ही बातें कही गई हैं—

औरों को हँसते देखो मनु,
हँसो और सुख पाओ।
अपने सुख को विस्तृत करलो।
सबको सुखी बनाओ।

भक्ति के क्षेत्र में जिसे आत्मत्याग कहा गया है, वह स्वार्थ त्याग है। सुख विस्तृत कव होता है ? जव अहंकार मिट जाता है। अहम् इदम् में ढल जाता है। 'तू' 'तू' करते करते मैं का लोप हो गया। फिर तो जो कुछ भी वन पाता है वह सव स्वार्थ रहित परार्थ के लिये होता है। भक्ति परार्थ या परमार्थ की साधना है।

भक्ति और भी ठोस आधारों पर अभिव्यक्त होती है। भक्ति का प्रथम आधार 'शांत' माना गया है। मनुष्य वाहरी हलचल से अलग हटकर अपने भीतर शांत हो जाता है। यह शांत स्थिति भोग से योग की ओर मुड़ने का क्षणिक विराम है। शांत क्षणों में ईश्वर की महत्ता के अनुभव के द्वारा दास्य भावना आती है। श्रद्धा आरंभ से और अंत में मनु एक दूसरे के प्रति दास्य भाव रखते हैं। विश्वासी सेवक जैसी भक्ति होती है। मनु कहते हैं—

कितना है उपकार तुम्हारा,
आश्रित मेरा प्रणय हुआ।
कितना आभारी हूँ, इतना,
संवेदनमय हृदय हुआ।।

दास्य के वाद सख्य भाव आता है। सख्य का अर्थ है प्रेम। श्रद्धा मनु एक दूसरे के प्रति सखा भाव रखते हैं—

कहा अतिथि कहाँ रहे तुम किधर थे अज्ञात।
और यह सहचर तुम्हारा कर रहा ज्यों बात।।

श्रद्धा कहती है—

यह अतृप्ति अधीर मन की क्षोभ युत उन्माद ।
सखे तुमुल तरंग-सा उच्छ्वासमय संवाद ॥

यह सखा भाव इतना पुष्ट है कि मनु कहते हैं—

जन्म संगिनि एक थी जो काम वाला, नाम ।
मधुर श्रद्धा था, हमारे प्राण को विश्राम ॥
प्रलय में भी बच रहे हम फिर मिलन का मोद

सूरदास की राधा कृष्ण की बाल संगिनी थीं । लरिकाई की प्रीति थी । किंतु श्रद्धा मनु का सख्यभाव जन्म का है । श्रद्धा मनु की जन्म संगिनी है । इसके बाद वात्सल्य प्रेम का विकास होता है । समर्पण के समान ही इसका प्रथम विकास श्रद्धा में होता है । अंत में मनु में । मनु कहते हैं—

यह कुमार मेरे जीवन का
उच्च अंश, कल्याण-कला
कितना बड़ा प्रलोभन मेरा
हृदय स्नेह बन जहाँ ढला

भक्ति के क्षेत्र के सबसे अंतिम और उच्च संबंध का नाम है मधुर प्रेम । यह स्त्री-पुरुष संबंध जैसा पुष्ट और प्रगाढ़ होता है । इसकी सारी स्थितियाँ मनु श्रद्धा में मौजूद हैं । और अंत में यह कि मनु को वहाँ जाना है जिसके आगे राह नहीं है । शिवस्थान, कैलास । यह है भक्ति योग की चरम उपलब्धि का स्थान । यहीं आकाश है, शून्य है । यहाँ बड़े-बड़े मुनि नहीं जा सकते किंतु भक्त सहज रूप में पहुँच जाता है । अपनी 'भक्ति योग' नामक कविता में प्रसाद अपने को 'प्रेम मतवाला' कहते हैं । भक्त और भगवान् की एकता को भक्ति की पूर्णता मानते हैं—

फिर वह हमारा हम उसी के, वह हमीं, हम वह हुए
तब तुम न मुझ भिन्न, सब एक ही फिर हो गये ॥ काननकु०

कामायनी में—हम केवल एक हमीं हैं ।

अथवा योगी हूँ

[डा० श्याम तिवारी]

डिम् डिम् डिम् डिम्
डमरू डिम् डिम्
बंगाले का
कामरूप का
पच्छिम के गिरनार का नहीं
मेरुतंत्र डाकिनी-शाकिनी तंत्र
अघोरीतंत्र आदि
सारे तंत्रों में महातंत्र
मैं प्रजातंत्र के सिद्धपीठ दिल्ली का तांत्रिक हूँ।
अथवा योगी हूँ।
डिम् डिम् डिम् डिम् डमरू डिम् डिम्।

पंचशील आदेश हमारा
बीजमंत्र सहकारी खेती
कवच अहिंसा
जिससे मैं पुरुषत्व-प्रेत को मार भगाता हूँ
कूटनीतिधारी आचारी कदाचार का
डिम् डिम् डिम् डिम् डमरू डिम् डिम्।

जब मैं अपने अभिमंत्रित
भाषण-जल के छींटे देता हूँ
तो श्रोता-जन मौन
चतुर जाहिल बन जाते हैं
जाग्रत-जन सो जाते हैं
चेतन जड़वत् हो जाते हैं
डिम् डिम् डिम् डिम् डमरू डिम् डिम्।

कुछ दिन तक तो मेरा भाषण
रामराज्य का कोलाहल लेकर उतरा था
तब उसने उस हरिश्चंद्र के सत्य
बुद्ध की दया, अहिंसा, पंचशील के स्वर तैराये
फिर उसने वाकई हवाई तूमारों से
आसमान-धरती तक फैले
सभी कुलावे एक कर दिये
अब अवसर से मेरा भाषण
बम गोला बारूद टैंक बन्दूक तोप बनकर
दुश्मन पर भड़क उठा है
यह भाषण का मंत्र
रोज चालीस कोटि मोहित जनता का
भाग्य बनाता औ बिगाड़ता है दन्नाका
डिम् डिम् डिम् डिम् डमरू डिम् डिम्।

रूस और अमरीका जैसे
रिद्धि-सिद्धि हैं दायें-बायें
हाथ हमारे डालर-रूबल के ज्यों भिक्षा पात्र
गले तक कर्ज डकारे
पेट कि जैसे हिन्द महासागर
आशाएँ धौलागिरि
हूँ संपाती कलयुग का
डिम् डिम् डिम् डिम् डमरू डिम् डिम्।

कहो, कहाँ तक करें सिद्धियों की चर्चायें
खोल बड़ी है
जनमत की जाग्रत कुंडलिनी
मेरे सभी कुचक्रों का भेदन करके
ज्यों सहस्रार पर पहुँच गई है
आसन-शासन डोल रहा है
श्वास और प्रश्वास कभी के रुद्ध पड़े हैं
कानों में विरोध अनहद की ध्वनियाँ
मानो चीख रही हैं
मैं कलयुग में योगेश्वर का अवतारी
तंत्रों-मंत्रों का अधिकारी
काका मैं जादूगर का
डिम् डिम् डिम् डिम् डमरू डिम् डिम्।

"सम्बुद्धियोग"

[चक्रवर्ती श्री रामाधीन चतुर्वेदी]

महर्षि पतञ्जलि ने व्याकरणाध्ययन के प्रयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा है—"महता देवेन नः साम्यं यथा स्यादित्यध्येयं व्याकरणम्" अर्थात् महान् देव=परब्रह्म के साथ मेरी एकता हो जाय, इसके लिए व्याकरण पढ़ना चाहिए। अतः व्याकरण के अध्ययन से न केवल साधुत्व प्रक्रिया का ही ज्ञान होता है, अपितु साधु शब्द के तात्त्विक ज्ञान और प्रयोग से अज्ञान नष्ट होने पर ब्रह्मसायुज्य भी सिद्ध होता है। तभी तो शब्दशास्त्र के प्रमाणभूत आचार्य पाणिनि के लिये प्रयुक्त—

"येन धौता गिरः पुंसां विमलैः शब्दवारिभिः ।
तमश्चाज्ञानजं भिन्नं तस्मै पाणिनये नमः ।।"

इस नमस्कारात्मक श्लोक में शब्द रूप निर्मल जल से वाणी की शुद्धता के साथ अज्ञानजन्य अन्धकार के छेदन रूप उनके कार्य का भी स्मरण किया गया है। वस्तुतः पाणिनीय व्याकरण के ज्ञान से अज्ञान नष्ट होने पर ब्रह्म की भी प्राप्ति होती है, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं, क्योंकि इस व्याकरण शास्त्र की आधारभूमि ही दिव्य तथा अपौरुषेय है, जो सनक, सनन्दन, सनत् कुमारादि सिद्धों के उद्धार की कामना से नटराज भगवान् शिव के डमरू से चौदह सूत्रों के रूप में प्रादुर्भूत हुई हैं। इस बात को नन्दिकेश्वर ने अपनी काशिका के प्रारम्भ में स्पष्ट कहा है—

"नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम् ।
उद्धर्त्तुकामः सनकादिसिद्धानेतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम् ।।"

इसलिए पाणिनि के सूत्रों के द्वारा शब्दसाधुत्व की प्रक्रिया के साथ यदि दार्शनिक तत्त्व का बोध भी हो तो भूषण ही है दूषण नहीं। जैसा कि—

"एकवचनं सम्बुद्धिः" (२।३।४९)
"एकः पूर्वपरयोः" (६।१।८४)
"एकं बहुव्रीहिवत्" (८।१।९)

इत्यादि कतिपय योगों से स्पष्ट होता है। अस्तु !

यहाँ केवल "सम्बुद्धि योग" के सम्बन्ध में कुछ विचार प्रस्तुत है। महर्षि पाणिनि ने अपने व्याकरण में "सम्बोधन" और "सम्बुद्धि" इन दो पदों का प्रयोग किया है। "सम्बोधन" पद का शाब्दिक अर्थ है सम्यग्बोधन, अर्थात् जिस शब्द के प्रयोग से व्यक्ति, वक्ता, वक्ता के अभिमुख हो, वह सम्बोधन पद है। उसके अर्थ की अभिव्यक्ति के लिये प्रथमा विभक्ति का उपयोग होता है। जिसका निर्देश "सम्बोधने-च" (२।३।४७) इस सूत्र से हुआ है। और प्रथमा विभक्ति में भी जहाँ एक व्यक्ति का ही सम्यग् बोधन हो उसे "सम्बुद्धि" कहा जाता है। इसके लिये पाणिनि का पूर्वोक्त संज्ञा सूत्र है "एक वचनंसम्बुद्धिः"। जैसे—"आगच्छ कृष्ण। अत्र गौश्चरति"। इस वाक्य में कृष्ण पद "सम्बोधन" होते हुए सम्बुद्धि भी है। तात्पर्य यह है कि सम्बोधन में सामान्यतः प्रथमा विभक्ति के तीनों वचनों की उपस्थिति होती है, किन्तु "सम्बुद्धि" से केवल एक का ही कथन होता है, अन्य वचनों का नहीं। वस्तुतः यही सम्बुद्धि का सम्बुद्धित्व है, जिसमें अन्य बातें छूट जायँ, केवल कृष्ण एक तत्त्व का ही भान होता रहे, क्योंकि 'सम्बुद्धि' यह संज्ञा है।

महाभाष्यकार पतञ्जलि ने "एकश्रुतिदूरात् सम्बुद्धौ" इस सूत्र के भाष्य में सम्बुद्धि पद पर प्रश्न उठाया है कि क्या यहाँ का सम्बुद्धि पद पारिभाषिक है, या अन्वर्थक ? यदि पारिभाषिक एक वचन का ही बोधक सम्बुद्धि पद माना जाय तो "देवा ब्रह्माणः" इस बहुवचनान्त पद से युक्त वाक्य में एक श्रुति की प्राप्ति नहीं होगी। अतः यहाँ "सम्बोधनं सम्बुद्धिः" इस अन्वर्थ का ही ग्रहण मानना इष्ट है। किन्तु इसके अतरिक्त सर्वत्र "एङ्ह्रस्वात् सम्बुद्धेः" "सम्बुद्धौ च" इत्यादि सूत्रों का सम्बुद्धि पारिभाषिक रूढ़ अर्थ का बोधक होते हुए भी अपने योगज अर्थ का परित्याग नहीं करता, क्योंकि सम्बुद्धि यह बड़ी संज्ञा है। संज्ञा तो सबसे छोटी होनी चाहिए। जैसे टि, घु, भ, आदि संज्ञाएँ

हैं। यदि बड़ी संज्ञा है तो उसका व्युत्पत्तिजन्य अर्थ भी उस संज्ञा से आचार्य को अभीष्ट होता है। इसके उदाहरण में "सर्वनाम", 'संख्या" आदि संज्ञाएँ अपने अन्वर्थबोधन में प्रसिद्ध हैं। यहाँ यदि व्युत्पत्तिजन्य अर्थ अभिप्रेत न होता तो "एकवचनं सम्" यहीं पढ़ देते। किन्तु ऐसा नहीं कहा। इससे ज्ञात होता है कि एक वचन के लिए सम्बुद्धि यह संज्ञा ही सार्थक है, क्योंकि साधारण बुद्धि तो लौकिक नाना विषयों से सम्बद्ध है, किन्तु एक तत्त्व को धारण करने वाली सम्बुद्धि ही है। जिस एक तत्त्व के लिए श्रुति का उद्घोष है कि "स्वर्ग, पृथिवी और अन्तरिक्ष तथा सब प्राणों के साथ मन जिस तत्त्व में प्रविष्ट है, तुम लोग उसी एक तत्त्व को जानो, अन्य बातों को छोड़ो, क्योंकि वही एक भवसागर से पार उतारने वाला अमृत का पुल है"। किन्तु उस सजातीय विजातीय स्वागत भेद शून्य एक तत्त्व रूप आत्मा का बोध असम्भव न होते हुए भी सर्व सुलभ नहीं है। करोड़ों मनुष्यों में किसी एक को वास्तविक बोध होता है। जिसे आत्म-बोध होता है, उसकी दृष्टि में सम्पूर्ण संसार आत्मस्वरूप एक ही हो जाता है। अतः शोक-मोह के लिये उनके चित्त में कोई स्थान ही नहीं, वहाँ तो सदा "एकमेवाद्वितीयम्" का ही भान होता रहता है। जिसके लिए श्रुति स्पष्ट कहती है—

"यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद् विजानतः।
तत्र को मोह कः शोक एकत्वमनुपश्यतः॥

महर्षि पतञ्जलि ने भी "तत्प्रतिषेधार्थमेकतत्त्वाभ्यासः" सूत्र से स्पष्ट कह दिया है कि चित्त वृत्तियों के निरोध रूप योग में जो आधि-व्याधि दुःख-दौर्मनस्य आदि विघ्न उपस्थित हो जाते हैं, उनको दूर करने के लिए एक तत्त्व का अभ्यास अत्यन्त आवश्यक है। एक तत्त्व का बार-बार चिन्तन करने से ही द्रष्टा की अपने स्वरूप में दृढ़ स्थिति होती है, जिसे कैवल्य अर्थात् पुरुष का अकेलापन कहा जाता है। उस अकेलपन का भान जिस बुद्धि में हो वही सम्बुद्धि है।

श्रीमद् भगवद्गीता में "बुद्धि योग" का विशेष महत्त्व बताया गया है। भगवान् कहते हैं कि जो निरन्तर प्रीति-पूर्वक मेरा भाजन करते हैं, उन्हें मैं उस 'बुद्धि योग' को देता हूँ, जिससे वे मुझे प्राप्त कर लेते हैं।

"एवं सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥

भाव यह है कि जिस बुद्धि से मेरे पूर्ण तत्त्व एकत्त्व का परिज्ञान होता है, उस बुद्धि के साथ मैं भक्तों का योग करा देता हूँ। "बुद्धि योग" में एक की ही प्रतीति होती है, इस बात को "व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह कुरुनन्दन" के द्वारा भगवान् ने स्पष्ट कह दिया है। अतः एक तत्त्व को पकड़ने वाली निश्चयात्मक बुद्धि ही "बुद्धियोग" है।

आगे भी उन्होंने कहा है—

अर्थात् लौकिक और पारलौकिक फल देने वाले सभी कर्मों को मन से मुझे समर्पण कर तथा मेरे परायण हो निश्चयात्मक बुद्धियोग को प्राप्त कर सदा मेरा ही चिन्तन करो। तात्पर्य यह है कि बुद्धि योग से एक तत्त्व का ही चिन्तन होता है। इसीलिए भगवान् ने अर्जुन को अपना प्रिय समझ कर गीता के उपसंहार में अत्यन्त रहस्य भूत "मामेकं शरणं व्रज" का उपदेश दिया। जो भगवत्कृपा से बुद्धियोग प्राप्त होने पर ही सम्भव है। वही "बुद्धि योग" यहाँ **"एक वचनं सम्बुद्धिः"** के "सम्बुद्धि" शब्द से अभिव्यक्त होता है।

कुछ लाघवप्रिय व्याख्याकारों ने **"एक-वचनं सम्बुद्धिः"** के स्थान पर **"सुः सम्बुद्धिः"** को ही उचित माना है, क्योंकि लौकिक पदों की सिद्धि 'सुः सम्बुद्धिः' से भी संभव है। अतः सूत्र में एकवचन पद की आवश्यकता वे केवल वेदाङ्ग के पारायण से पुण्य ही मानते हैं। किन्तु जिस समरसता की प्रतीति 'एक वचन के साथ सम्बुद्धि' से होती है, वह "सुः सम्बुद्धिः" से कभी भी सम्भव नहीं। इसीलिए महर्षि पतञ्जलि का यह घण्टाघोष है कि——

"प्रमाणभूत आचार्यो दर्भ पवित्रपाणिः शुचाववकाशे प्राङ्मुख उपविश्य महता प्रयत्नेन सूत्राणि प्रणयतिस्म। तत्राऽशक्यं वर्णेनाऽप्यनर्थकेन भवितुम्, किं पुनः इयता सूत्रेण।" (महा० भा० १।१।१)

अतः महर्षि पाणिनि के सूत्रों का पर्यालोचन तात्त्विक दृष्टि से भी होना चाहिए। तभी उनके सूत्रों के प्रत्येक पद और वर्णों का वास्तविक रहस्य भी अवगत होगा।

अन्त में निष्कर्ष यह है कि जिस प्रकार योगियों की ऋतम्भरा प्रज्ञा में केवल सत्य पदार्थ ही भासित होता है, उसी प्रकार "पाणिनीय सम्बुद्धि" में भी केवल एक की ही अनुभूति होती है।

भारतीय संस्कृति के अप्रतिम रक्षक

शंकरावतार स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के

•

७१ वें वर्षग्रन्थि पर

सद्भक्ति के पुष्प समर्पित

•

छेदीलाल मालाकार

संकटमोचन, वाराणसी

योगः–वैदिक युग से आधुनिक युग तक

[सुश्री डॉ० विमला कर्णाटक]

सिद्धान्त है कि प्रत्येक शास्त्र का प्रतिपाद्य विषय भिन्न-भिन्न होता है लेकिन 'योग' प्रत्येक शास्त्र में अपने विशिष्ट कोण एवं परिमाण से परिव्याप्त है। निखिल शास्त्र 'योग' से अनुप्राणित हैं। प्रत्येक शास्त्र ने अपने साध्य की सिद्धि के लिए 'योग' को अपनाया है। 'योग' उस साधना पद्धति का नाम है जो साध्य की सम्पूर्ति के लिए आवश्यक रहता है। 'योग' प्रत्येक प्रकार की लौकिक तथा पारलौकिक उपलब्धि के लिए उपादेय है। अतः वैदिक युग से आधुनिक युग तक के शास्त्रों में योग का व्याख्यान एवं परिवर्धन होता रहा है। यहाँ तक कि मध्य युग में आकर 'योग' ने 'दर्शनशास्त्र' का स्वतन्त्र रूप भी धारण किया।

ऋग्वेद के वचन के अनुसार "योग के बिना विद्वान् का भी कोई यज्ञकर्म सिद्ध नहीं होता है।" अतः ऋग्वेद में योगसिद्धि के लिए प्रार्थना की गई है। वेदों में बीज रूप में परिव्याप्त 'योग' ने वेद के अन्तिम भाग उपनिषदों में आकर विस्तृत स्वरूप धारण किया।

उपनिषदों में योग की साधन-प्रणाली, उसके भेद-प्रभेद की चर्चा एवं व्याख्या होने लगी। अभी तक संप्राप्त एक सौ आठ उपनिषदों में से कोई भी ऐसी उपनिषद् नहीं है जिसमें संक्षेप या विस्तर पद्धति से 'योग' का उपस्थापन न हुआ हो। 'योग' की आधार-शिला पर ही उपनिषदों की अध्यात्म विद्या प्रतिष्ठित है। 'योग' की स्पष्ट व्याख्या की दृष्टि से–योगकुण्डल्युपनिषद्, योगचूडामण्युपनिषद्, योगतत्त्वोपनिषद्, योगशिखोपनिषद्, योगराजोपनिषद्, आदि प्रसिद्ध हैं। उपनिषद्काल में योग-साधन-समूह के दो रूप प्राप्त होते हैं। प्रथम है षडङ्गयोग और द्वितीय है अष्टाङ्गयोग। इनमें से षडङ्ग-योग के विषय में उपनिषदों में दो विचारधाराएँ उपलब्ध होती हैं। अमृतनादोपनिषद् के अनुसार—प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, तर्क और समाधि—योग के अङ्ग हैं। क्षुरिकोपनिषद् तथा योगचूडामण्युपनिषद् के अनुसार—आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि–योग के अङ्ग हैं। इस प्रकार तर्क और आसन अङ्ग को लेकर इन उपनिषदों में मतभेद है। आगे चलकर योग प्रधान योगतत्त्वोपनिषद् में—यम और नियम का समावेश कर योग की अष्टाङ्गता समर्थित हुई है। उपनिषदों में योग–मन्त्रयोग, लययोग, हठयोग और राजयोग के रूप में भी मिलता है। अष्टाङ्गयोग को मन्त्रयोग आदि का विकसित, पल्लवित एवं समृद्ध रूप कहा जा सकता है। समाधि का स्वरूप श्वेताश्वतरोपनिषद् के द्वितीय अध्याय के १४वें तथा १५वें श्लोक में उपलब्ध है। प्रणवोपासना, प्राणोपासना जैसे महनीय विषय भी उपनिषदों में विवेचित हैं। उपनिषदों में योग को अध्यात्मयोग कहा गया है।

वैदिक युग से गतिशीला योग की अखण्ड धारा ने पुराणकालीन अष्टादश पुराणों में भी अपना स्थान बनाया। पुराणकाल की सृष्टि-सम्बन्धी गवेषणा महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि दर्शनयुग में पातञ्जलयोगसूत्र के भाष्यकार व्यासदेव एवं भाष्य के व्याख्याकारों ने पुराणसम्मत सृष्टि-प्रक्रिया को ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया है। पुराणों में केवल भूलोक का ही नहीं अपितु तेरह और लोकों का प्रतिपादन कर चतुर्दशभुवनात्मक सृष्टि का सिद्धान्त स्थापित किया है। स्पष्ट है कि पुराणयुग के महर्षि सिद्धयोगी थे। अन्य पुराणों की अपेक्षा ब्रह्मपुराण, वायुपुराण तथा स्कन्द-पुराण में योग के विषयों का बहुलता से प्रतिपादन हो सका है। पुराणों में प्राणायाम दो प्रकार का बतलाया गया है। श्रीमद्भागवत महापुराण में भक्तियोग पराकाष्ठा को प्राप्त हुआ है। इसमें दो विधाओं द्वारा योग का प्रस्तुतीकरण हुआ है—महापुरुषों के तपश्चरण तथा शरीरत्याग की मार्मिक घटनाओं का आलम्बन लेकर योग-साधन

की क्रियाओं का अप्रत्यक्ष संकेत मात्र तथा योग का प्रत्यक्ष निर्वचन। श्रीमद्भागवत में योग की इन दो विधाओं में से अप्रत्यक्षीय संकेतों की बहुलता है। भागवत में योग का प्रत्यक्ष वर्णन मुख्यतया द्वितीय स्कन्ध के प्रथम एवं द्वितीय अध्यायों में, तृतीय स्कन्ध के पञ्चविंशत् तथा अष्टविंशत् अध्यायों में तथा एकादश स्कन्ध के त्रयोदश अध्याय में हुआ है। योग के ये वर्णन उपदेश प्रधान हैं। द्वितीय तथा तृतीय स्कन्ध में महर्षि कपिल ने स्वकीया जननी देवहूति के प्रति योग का उपदेश किया है। तथा ११वें स्कन्ध में हंसधारी भगवान् के द्वारा सनकादियों को योग की महत्ता बतलाई गई है। उपनिषद् काल के षडङ्ग तथा अष्टाङ्ग-योग में से अष्टाङ्गयोग भागवत में स्वीकार किया गया है। भागवत में वर्णित अष्टाङ्गयोग की एक महती विशेषता यह है कि उसका स्वतन्त्र साधन रूप से उप-स्थापन किया गया है तथा वह अन्य साधन मार्गों का आश्रयभूत भी है। योग, भक्ति का सबसे अधिक सहायक है लेकिन ज्ञान, कर्म और भक्ति के समान एक स्वतन्त्र साधन पथ भी है। योग का अवलम्बन कर साधक परमात्मा का साक्षात्कार कर सकता है। भागवत में यम और नियम प्रत्येक के द्वादश भेदों की स्थापना हुई है। यम के द्वादश भेद हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, असङ्ग, ह्री, असञ्चय, आस्तिक्य, ब्रह्मचर्य, मौन, स्थैर्य, क्षमा तथा अभय। नियम के बारह भेद हैं—बाह्यशौच, आभ्यन्तर-शौच, जप, तप, होम, श्रद्धा, आतिथ्य, भगवदर्चन, तीर्थाटन, परार्थ चेष्टा, सन्तोष तथा आचार्य सेवन। भागवत में अष्टाङ्गयोग का नामसंकीर्तन मात्र नहीं हुआ है अपितु प्रत्येक अङ्ग का स्वरूप प्रतिष्ठापित करने के लिये योगाङ्गों की व्याख्या की गई है।

महाभारत में योग की अक्षय्य निधि सञ्चित है। ब्रह्मविद्यान्तर्गत योगशास्त्र प्रधान गीता महाभारत का एक अंश है। गीता योग का विस्तार है। गीता में महायोगेश्वर कृष्ण का विषादापन्न अर्जुन के प्रति योग का उपदेश है। गीता का प्रत्येक अध्याय एक एक योग है। इसकी सूचना गीता के प्रत्येक अध्याय की समापन पंक्तियों से मिलती है। श्रीकृष्ण ने "समत्वं योग उच्यते" तथा "योगः कर्मसु कौश-लम्" द्वारा योग की प्रसङ्गतः व्याख्या की है। योगकी ये दो परिभाषाएँ परस्पर भिन्न नहीं हैं। एक में 'समत्व' को योग कहा गया है और दूसरे में 'कर्मकौशल' को। उक्त दो लक्षणों के अनुसार 'योग' बुद्धि की साम्यावस्था का नाम है, क्योंकि साम्यबुद्धि ही वह कौशल है जिससे कर्मों में व्यावृत रहकर भी योगी कर्मों से अलिप्त रहता है। यह योग परा-गति अथवा ब्रह्मात्मैक्य स्थिति को व्यक्त करता है। ऐसी स्थिति की प्राप्ति के उपाय, साधन, युक्ति या कर्म भी योग शब्द से निर्दिष्ट हैं।

योगवासिष्ठ महारामायण में महर्षि वसिष्ठ द्वारा श्री रामचन्द्र के प्रति दार्शनिक सिद्धान्तों का प्रस्फुरण हुआ है। योगवासिष्ठ के अनुसार 'योग' का अर्थ है—संसार सागर से पार कराने की युक्ति। इसमें 'योग' की तीन विधियाँ विवेचित हैं—किसी एक ध्येय तत्त्व की दृढ़ भावना, मन की शान्ति तथा प्राणों के स्पन्दन का निरोध। इन तीन विधियों की उपविधियाँ भी इसमें वर्णित हैं। योगवासिष्ठ में शुभेच्छा, विचारणा, तनुमानसा, सत्त्वापत्ति, असंसक्ति, पदार्थभाविनी तथा तुर्यगा—इन सात भूमिकाओं का अव-तरण भी हुआ है। योगसाधना के इन क्रमिक स्तरों की परिणति मोक्षोपलब्धि में है। आगे चलकर दर्शन युग में कुछ प्रकारान्तर के साथ ज्ञान की सप्त प्रान्तभूमि प्रज्ञाओं की चर्चा प्राप्त होती है।

मनुस्मृतिकार ने योग के अङ्ग यम, नियम, प्राणायाम, प्रत्याहार आदि की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। योगशास्त्र के पारिभाषिक शब्द 'प्रकृति' तथा 'गुण' यहाँ 'राजप्रकृति' तथा 'सन्धि' आदि के लिए प्रयुक्त हुए हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नही है कि मनुस्मृति में उपनिषद् काल से चले आ रहे सत्त्वादिगुणों के प्रति उपेक्षावृत्ति अपनाई गई हो। इसमें सत्त्व, रजस् तथा तमस्—तीनों गुणों को पूर्ववत् मान्यता प्राप्त है। तथा इन्द्रियजय, व्रतनियम, सृष्टिक्रम तथा ध्यानयोग से आत्मसाक्षात्कार जैसे महनीय दार्शनिक विषयों का विवेचन भी हुआ है। मनुस्मृति में प्रतिपादित सृष्टि-क्रम पातञ्जल योगशास्त्र के सृष्टिक्रम के निकट ही है, केवल थोड़ा सा अन्तर है।

दर्शनयुग को योग के पूर्ण विकास का स्वर्णकाल कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी। दर्शनकाल में ही इस साधन-प्रधानविधा ने स्वतन्त्र शास्त्र का रूप धारण किया। योग

को 'दर्शन' पदावली में विभूषित कराने का महनीय कार्य महर्षि पतञ्जलि ने किया है। पतञ्जलि ने योग को सूत्रात्मक शैली में निबन्धित कर उसे चार पादों में विभक्त किया है। पतञ्जलि का योग चित्तवृत्तिनिरोध की भूमि पर प्रतिष्ठित है। अतः इन्होंने चित्त, चित्त की वृत्ति तथा निरोध आदि प्रत्येक पक्ष पर गवेषणापूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया है। उपनिषद् काल से समर्थित अष्टाङ्गयोग पर बल देते हुए पतञ्जलि ने तत्साध्य सम्प्रज्ञात, असम्प्रज्ञात तथा पुरुष की स्वस्वरूपावस्थिति अर्थात् कैवल्य सम्बन्धी निजी चिन्तन को पूर्णतया स्पष्ट कर दिया है। प्रारम्भिक योग में इसकी कमी बनी हुई थी। आगे चलकर व्यासभाष्य (योगसूत्र की टीका) के व्याख्याकारों ने पतञ्जलिसम्मत कैवल्य को अंशांशिरूप जीवात्मा-परमात्मा के अभेदात्मक संयोग के साथ जोड़ा है। पातञ्जल योगदर्शन को परिपुष्ट, समृद्ध एवं व्यापक दृष्टि प्रदान करने वालों में व्यासदेव, वाचस्पति मिश्र, विज्ञानभिक्षु, नारायणतीर्थ तथा नागेश भट्ट प्रमुख हैं। समय-समय पर पातञ्जल योग सूत्र पर विशेष रूप से मणिप्रभा, योगसुधाकर, योगप्रदीपिका आदि वृत्यात्मक ग्रन्थ में भी लिखे गये।

अन्य भारतीय आस्तिक-नास्तिक दर्शनों पर भी 'योग' का प्रभाव परिलक्षित होता है। षड्दर्शनों में **सांख्यदर्शन** योग के अधिक समीप है। दोनों एक दूसरे के पूरक तथा 'समानतन्त्र' कहे जाते हैं। इसीलिए गीता में सांख्ययोग को पृथक्-पृथक् कहने वालों की निन्दा की गई है। योग की प्रयोगशाला में ही सांख्यीय तत्त्वों का परीक्षण एवं साक्षात्कार किया जा सकता है। योग के उद्भावक पतञ्जलि तथा सांख्य के प्रणेता कपिल दोनों आचार्यों का यह सिद्धान्त है कि कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदि आत्मा के धर्म नहीं हैं। शुद्ध स्वरूप आत्मा प्रतिबिम्बविधया बुद्धिवृत्ति का अनुकरण कर सुख-दुःख आदि का अनुभव करता है। इन सब उदाहरणों से स्पष्ट है कि योगनिधि सांख्य में उसी रूप में सञ्चित रही। **वैशेषिक दर्शन** का मूलभूत विषय द्रव्य, गुण, कर्म आदि सप्त पदार्थों की व्याख्या करना है, लेकिन वैशेषिक दर्शन के उद्भावक कणाद मोक्षमार्ग के सिद्धान्त में पतञ्जलि के साथ हैं। यह तथ्य दोनों आचार्यों के मोक्षप्रतिपादक सूत्रों से उद्घाटित होता है। कणाद को अष्टाङ्गयोगानुष्ठानजन्य मोक्ष सम्मत है। अतएव कणाद ने मोक्षमार्ग की पद्धति "आत्मकर्मसु मोक्षो व्याख्यातः" लिखी है। **न्यायदर्शन** की स्थिति भी योग चर्चा में वैशेषिक दर्शन की भाँति है। महर्षि गौतम के न्याय में अष्टाङ्गयोग को मान्यता मिली है। समाधि सिद्ध किये बिना ब्रह्मतत्त्व की अभिव्यक्ति कथमपि नहीं हो सकती—इस सर्वमान्य सिद्धान्त की पुष्टि गौतम के "समाधिविशेषाभ्यासात्" सूत्र से सुस्पष्ट है। **मीमांसा दर्शन** के प्रवर्तक जैमिनि ने अपने सूत्रों से यह सिद्ध कर दिया है कि याज्ञिक क्रियाकलाप ही अष्टाङ्गयोग का साधन है। **वेदान्तदर्शन** की तो योग के बिना गति ही नहीं है। वेदान्तियों को ऋतम्भरा प्रज्ञा की उपादेयता एवं विलक्षणता बतलाते हुए नारायणतीर्थ ने योगसिद्धान्तचन्द्रिका में योग की सार्वभौम व्यापकता पर प्रकाश डाला है।

वेद समर्थित आस्तिक दर्शनों में ही 'योग' की उपादेयता वर्णित हो ऐसी बात नहीं, अपितु नास्तिक दर्शन बौद्ध और जैन में भी 'योग' की आवश्यकता बतलाई गई है। योग-साहित्य के क्षेत्र में जैन और बौद्ध की निजी देन है। बौद्ध दर्शन में तत्त्वज्ञान के लिए योग को उपयोगी बतलाया गया है। बौद्ध ईश्वर तथा आत्मा की सत्ता स्वीकार नहीं करते, तथापि उनकी भी योग-परम्परा दुःखनिवृत्ति पूर्वक महानिर्वाण साधिका है। बुद्ध ने घर का परित्याग कर निर्जन वन में समाधि का अभ्यास किया। बौद्धों की राजयोग एवं हठयोग सम्बन्धी साधनाओं एवं क्रियाओं का स्पष्ट दिग्दर्शन प्रथमतः गुह्यसमाज तथा कालचक्रोत्तर नामक तन्त्र में पाया जाता है। तथा परवर्ती साहित्य में सेकोद्देश टीका तथा मर्मकालिका तन्त्र में प्रमुखतः इसका प्रतिपादन मिलता है। समाजोत्तर तन्त्र के अनुसार षडङ्गयोग से ही बुद्धत्व या सम्यक् संबोधि प्राप्त किया जाता है। प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, अनुस्मृति तथा समाधि—यह षडङ्गयोग है। पातञ्जल योगदर्शन में 'चित्तपरिकर्म' के वर्णित चार उपाय—मैत्री, करुणा, मुदता तथा उपेक्षा—पालि साहित्य में 'ब्रह्मविहार' नाम से निर्दिष्ट हैं। बौद्धों के अनुसार जो योगी इन चार ब्रह्म विहारों की भावना करता है, उसे सम्यक्प्रतीति होती है। योगदर्शन में भूतजय की जो कायसम्पत् सिद्धि बतलाई गई है उसे यहाँ सिद्धपुरुष के कायरूप को स्वाभाविक सम्पत् कहकर माना गया है।

जैनदर्शन में 'युजिर् योगे' धातु से 'योग' को निष्पन्न माना है। अर्थात् जिन-जिन साधनों से आत्मा की शुद्धि तथा मोक्ष का योग होता है, वे समस्त साधन 'योग' कहे जाते हैं। हरिभद्र सूरि की योग पर तीन स्वतन्त्र रचनाएँ हैं—योगशतक, योगविन्दु तथा योगदृष्टिसमुच्चय। जैन दार्शनिकों का योग ध्यानप्रधान है। जैन में ध्यान मूलतः चार प्रकार का है—आर्त्त, रौद्र, धर्म्य तथा शुक्ल। पतञ्जलि का सम्प्रज्ञात योग जैन के शुक्ल ध्यान का पूर्वचरण है तथा असम्प्रज्ञात योग शुक्लध्यान का उत्तर चरण है। वैदिक युग से चली आ रही प्राणायाम की मान्यता को जैन साहित्य में समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। जैन आचार्य ध्यान के लिए प्राणायाम को आवश्यक नहीं मानते हैं। जैनों का वक्तव्य है कि तीव्र प्राणायाम से मन व्याकुल रहता है। मानसिक व्याकुलता से समाधि भंग होती है और समाधि भंग से ध्यान अवरुद्ध हो जाता है। अतः हेमचन्द्र प्रभृति जैन दार्शनिकों ने प्राणायाम का निषेध किया है। पातञ्जल योग सूत्र की वृत्ति में 'प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य' सूत्र की व्याख्या करते हुए श्री यशोविजय लिखते हैं कि—'अनैकान्तिकमेतत्। प्रसह्य ताभ्यां मनोव्याकुलीभावात्"।

कालक्रम से योगसाहित्य की सेवा करने वालों में रामकृष्णपरमहंस, विवेकानन्द, अरविन्द का नाम आधुनिक युग के सर्वोत्कृष्ट महायोगियों में रखने योग्य है। योगसाधना की सुरभि, जगत् में विकीर्ण कर तथा दैनिक जीवन में योग का साक्षात् सम्बन्ध स्थापित कर उक्त योगी कैवल्प धाम के पथिक बन गये। महर्षि अरविन्द के दर्शन पर वेद, उपनिषद्, गीता, शैव सिद्धान्त, तन्त्र तथा यूनानी दर्शन का प्रभाव परिलक्षित होता है। अरविन्द ने योग की प्रचलित दो धाराओं–वैदिक तथा तान्त्रिक–में से तन्त्र की योगपद्धति को मान्यता प्रदान की है और उसे विशिष्ट योग पद्धति कहा है। यह तथ्य उन्हीं के शब्दों से स्पष्ट है—"भारतवर्ष में अब भी एक विशेष प्रकार की ऐसी योग पद्धति प्रचलित है जो स्वभाव से ही समन्वयात्मक है और जिसका प्रवर्तन प्रकृति के एक महान् केन्द्रस्थ तत्त्व से–प्रकृति की एक प्रचण्ड-वेगवती शक्ति से–होता है। पर यह है एक पृथक् योग ही, अन्य योग प्रणालियों का समन्वय नहीं। यह योग पद्धति तन्त्र की योग पद्धति है। दक्षिण और उत्तर भारत में भी बहुत से योगी हुए हैं। इन्हीं योगियों की योग चेतना के फलस्वरूप संसार ने करवट बदली और योग का अभ्यास प्रारम्भ हुआ है। लेकिन इतना स्पष्ट है कि योग न केवल शारीरिक है, न केवल नैतिक है और न केवल ध्यान रूप है। किसी एक को योग कहना योग का उपहास करना है। 'योग' योगियों के चिन्तन की वह परिणति है—जिससे साधक की शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक हरेक शक्तियों का विकास होता है और अन्त में साधक कैवल्य प्राप्त करता है।

यज्ञ और योग के पारिभाषिक अर्थ

[डा० गजानन शास्त्री मुसलगांवकर]

योगविद्या भारतवर्ष की अमूल्य निधि है। समस्त ज्ञान-विज्ञान ऋतम्भरा प्रज्ञा का ही मधुर फल है। अतएव समस्त विश्व योग विद्या की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा करता आ रहा है। आज के युग को विज्ञान युग की तरह 'योगयुग' कहा जाय तो अतिशयोक्ति न होगी। आज देश-विदेश सभी योगसाधना के लिए लालायित हो रहे हैं। आज के एलोपैथिक डाक्टर भी 'योग' में श्रद्धा रखने लगे हैं।

अभीप्सितलाभ के लिए वेद ने धर्मानुष्ठान की आज्ञा दी है। इस अनुष्ठेय धर्म को तीन अंगों में विभक्त किया है—यज्ञ, तप और दान। इन तीनों में प्रधानता यज्ञ की बताई गई है—श्रीमद्भगवद्गीता ने बताया है कि मानव को पावन करनेवाले यज्ञ, दान और तप ही हैं। यह कहते हुए प्रथम स्थान 'यज्ञ' को ही भगवान् ने दिया है।

"यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्"—(गी. १८।५)

कर्म, उपासना और ज्ञान के भेद से यज्ञ के तीन प्रकार हैं। उक्त तीनों प्रकार के यज्ञों की निष्पत्ति योग पर निर्भर है। कर्मयज्ञ में सभी अनुष्ठान पौर्वापर्य को ध्यान में रखकर किया जाता है। अनुष्ठेय कर्तव्य का स्मरण तत्तद् वेदमन्त्रों के द्वारा करना होता है। यदि अनुष्ठान में शास्त्रविहित् पौर्वापर्य का पालन न किया जाय या मन्त्रोच्चारण में या स्वर में कोई त्रुटि हो जाय तो यज्ञ को विकलांग माना जाता है, उससे फल प्राप्ति तो दूर रही और प्रत्यवाय का कारण बन जाता है। अतः कर्मयज्ञ के अनुष्ठान में ऋत्विजों को अत्यन्त सावधान रहना पड़ता है। यह सावधानी चित्त की एकाग्रता के विना नहीं हो सकती। यह तो हुई कर्मयज्ञ की कहानी।

उपासनायज्ञ का विचार करने पर समझ में आ जाता है कि उसका जीवन 'प्रेम या भक्ति' है और 'योग' उसका शरीर है। जैसे शरीरी (आत्मा) का कोई भी भोग 'शरीर' के विना नहीं हो पाता वैसे ही उपासना का कोई भी अंग योग की सहायता लिए विना सम्पन्न नहीं हो सकता। सर्वव्यापक सर्वान्तर्यामी परमेश्वर विविध-वृत्तितरङ्गों से अन्तःकरण-जलाशय के चञ्चल होने के कारण मनुष्य के हृदय से छिप जाते हैं, यही उनका मनुष्य से दूर होना है। उक्त प्रकार से दूर हटे हुए परमात्मा का वृत्ति तरङ्गों के शान्त हो जाने पर जीव के हृदय में प्रकट हो जाना ही उनका जीव के समीप होना है। अर्थात् जलाशय में सूर्य के समान परमेश्वर के वास्तविक स्वरूप का दर्शन होने लगता है। सर्वव्यापक परमात्मा में अन्य किसी प्रकार की समीपता-विप्रकृष्टता बन ही नहीं सकती। निष्कर्ष यह है कि शान्त-चित्त में परमेश्वर के प्रादुर्भाव रूप समीपस्थिति के सम्पादक क्रिया-कलाप का नाम ही उपासना है। वह उपासना, चित्त शान्ति के साधन रूप योग के विना असंभव है। यह उपासना-यज्ञ की कहानी हुई।

ज्ञानयज्ञ भी योग की सहायता के विना निष्पन्न नहीं हो सकता। बृहदारण्यक में मैत्रेयी ब्राह्मण में—"आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः"—(२।४।५)। इस कथन से 'निदिध्यासन' को भी श्रवण-मनन के तुल्य आत्म-साक्षात्कार का साधन बताया गया है। यह निदिध्यासन 'ध्यान' का ही—दूसरा नाम है। यह 'ध्यान' योगमन्दिर में पहुँचने की सप्तम सीढ़ी है। अतः स्पष्ट है कि योग की सहायता के विना कोई भी यज्ञ विशेषकर ज्ञानयज्ञ निष्पन्न नहीं हो सकता। इसी अभिप्राय से योगीश्वर याज्ञवल्क्य कहते हैं—

"इज्याचारदमाहिंसादानस्वाध्यायकर्मणाम्।
अयन्तु परमोधर्मो यद् योगेनात्मदर्शनम्॥"

निष्कर्ष यह हुआ कि उक्त यागरूप परमधर्म का साधन 'योग' है।

वेद, उपनिषद्, दर्शन, स्मृति, पुराण आदि भारतीय समस्त वाङ्मय में योग की महिमा और यज्ञों की निष्पत्ति के लिए उसकी परम आवश्यकता बताई गई है। उक्त सिद्धान्त ऋग्वेद में भी उपलब्ध होता है—

"यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन ।
स धीनां योगमिन्वति ॥" (ऋ. सं.मं. १ सू. १८ मंत्र ७)

ऊपर बता चुके हैं कि कर्म-उपासना—ज्ञान के भेद से यज्ञ तीन प्रकार का है और उसकी निष्पत्ति योग की सहायता के बिना नहीं हो सकती। ज्ञानी-अज्ञानी सभी योग की सहायता से ही उसे सम्पन्न करने में समर्थ होते हैं। क्योंकि चित्तवृत्ति-निरोधरूप योग या चित्तैकाग्रता सम्पूर्ण कर्तव्यों में व्याप्त है। तात्पर्य यह है कि समस्त कर्मों की निष्पत्ति का एकमात्र उपाय 'योग' ही है।

'योग' शब्द की निष्पत्ति समाध्यर्थक 'युज्' धातु से 'घञ्' प्रत्यय करने पर होती है। अतः 'योग' शब्द का अर्थ इस प्रसंग में संयोग न होकर 'समाधि' ही है। चित्त-वृत्तिनिरोध की क्रियापद्धति का नाम 'समाधि' है। उस क्रिया पद्धति को महर्षियों ने—मन्त्रयोग, हठयोग, लययोग और राजयोग के नाम देकर चार भागों में बाटा है।

मन्त्रयोग—यह दृश्यमान समस्त प्रपञ्च नाम-रूप से व्याप्त है। यह जीव नाम-रूप में ही फँसकर बद्ध होता है और जिस भूमि पर गिरता है, उसी भूमि को पकड़कर वह उठ सकता है। इस नियम के अनुसार जीव को नाम—रूप के अवलम्बन से ही मुक्तिपथ की ओर अग्रसर होना होता है। अतः दिव्य नाम—रूप के अवलम्बन से चित्तवृत्ति-निरोध की जितनी क्रियाएँ हैं, उन्हें **'मन्त्रयोग'** कहते हैं।

हठयोग—दृश्यमान स्थूल शरीर से सम्बन्ध रखनेवाली षट्कर्मादि योग क्रियाओं के अभ्यास द्वारा स्थूल शरीर पर आधिपत्य कायम करते हुए सूक्ष्म शरीर पर प्रभाव डालकर चित्त वृत्ति निरोध की जितनी क्रियाएँ हैं, उन्हें **'हठयोग'** कहते हैं।

लययोग—समष्टि-व्यष्टि के सिद्धान्तानुसार पिण्ड और ब्रह्माण्ड दोनों एक हैं। जीव शरीर 'पिण्ड' है और समष्टिसृष्टि 'ब्रह्माण्ड' है। अतः ब्रह्माण्ड की समस्त वस्तुएँ ठीक उसी तरह पिण्ड में भी हैं। पिण्ड में ब्रह्माण्ड व्यापिनी प्रकृति शक्ति का केन्द्र मूलाधारपद्म में स्थित सार्धत्रिवलयाकार सर्पवत् कुण्डलाकृति **'कुण्डलिनी'** है। ब्रह्माण्डव्यापी पुरुष का केन्द्र सहस्रदल पद्म है। निद्रित कुल-कुण्डलिनी को गुरूपदिष्ट यौगिक प्रक्रिया से प्रबुद्ध करते हुए कुल-कुण्डलिनीस्थ प्रकृति शक्ति को सुषुम्नानाड़ीगुम्फित षट्चक्रों के भेदन द्वारा ले जाकर सहस्रदल वाले कमल पर विहार करनेवाले परमेश्वर में लय करने की क्रियापद्धति और उसके साधनों को **लय-योग** कहते हैं।

राजयोग—मनुष्य के बन्धन का कारण मन की क्रिया है और मनुष्य को मुक्त कराने का साधन बुद्धि की क्रिया है। बुद्धि की क्रिया 'विचार' है। उस विचार के द्वारा चित्तवृत्ति के निरोध की क्रियापद्धति को 'राजयोग' कहते हैं, इस **'राजयोग'** का अधिकार सबसे अधिक है।

योग में उपस्थित होनेवाले अन्तराय और उपान्तराय—योगसाधना के समय नौ प्रकार के अन्तराय और पाँच प्रकार के उपान्तरायों की संभावना रहती है। अन्तराय का अर्थ विघ्न और उपान्तराय का अर्थ उपविघ्न है। महर्षि पतञ्जलि ने उनके नाम बताये हैं—

"व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभ्रान्तिदर्शनालब्ध-भूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः।"
(यो० सू० १।३०)।

१. व्याधि (रोग), २. स्त्यान (शिथिलता), ३. संशय, ४. प्रमाद (जान-बूझकर योगांगोंका अनुष्ठान न करना), ५. आलस्य, ६. अविरति (विषयों में ग्लानि का न होना अर्थात् विषयभोगाभिरुचि), ७. भ्रान्तिदर्शन (विपरीतनिश्चय), ८. अलब्धभूमिकत्व (योगांगों का अनुष्ठान करने पर भी मधुमती, मधुप्रतीका आदि समाधिभूमिविशेष का लाभ न होना), ९. अनवस्थितत्व (भूमि विशेष का लाभ होने पर भी चित्त का स्थिर न हो पाना), ये नौ चित्त विक्षेपकारी होने से योग या समाधि के अन्तराय (विघातक) कहलाते हैं। इन्हीं को योगमल, योगप्रतिपक्ष, योगविघ्न भी कहते हैं।

इन विघ्नों के सहायक पाँच उपविघ्न भी हैं—१. दुःख, २. दौर्मनस्य (इच्छा के सफल न होने पर मन का क्षुब्ध हो जाना), ३. अंगमेंजयत्व (अंगों का कंपन), ४. श्वास (बाह्य वायु को भीतर लेना,), ५. प्रश्वास (भीतर की वायु को बाहर निकालना) इन सब विघ्नों को दूर करने के लिए तथा उनसे अपनी सुरक्षा के लिए परमेश्वर की कृपा ही एकमात्र अवलम्ब है। उसकी कृपा से ही चतुर्विध योग में—मनुष्य सफलता को प्राप्त कर पाता है। उसकी कृपा के लिए प्रार्थना की आवयश्कता होती है। चारों वेदों ने कृपा

प्राप्त करने के लिए मंत्र बताये हैं। योगानुष्ठान की सिद्धि की तरह विवेक ख्यातिरूप फलनिष्पत्ति के लिए भी ईश्वर की कृपा आवश्यक है। वेदमंत्र के द्वारा भी उक्त कथन का समर्थन किया गया है—

"स घा नो योग आभुवत् स राये स पुरं ध्याम् ।
गमद् वाजेभिरा स नः ॥" (ऋ० १।५।३)।

इस चतुर्विध योग की क्रिया पद्धति का निर्णय यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इन आठ अंगों की सहायता से किया गया है। अन्तर केवल इतना ही है कि किसी में किसी अंग का संकोच और किसी में किसी अंग का विस्तार होने से अंगों की संख्या में न्यूनाधिक्य दिखाई पड़ता है। जैसे हठयोग के सात अंग, राजयोग के सोलह अंग, और लययोग के नौ अंग माने गये हैं।

हठयोग के सप्त अंग—

**"षट्कर्मासनमुद्राः प्रत्याहारश्च प्राणसंयामः ।
ध्यानसमाधी सप्तैवाङ्गानि स्युर्हठस्य योगस्य ॥"**

षट्कर्म, आसन, मुद्रा, प्रत्याहार, प्राणायाम, ध्यान, और समाधि—ये हठयोग के सात अंग हैं। इन सात अंगों के सात फल भी क्रमशः बताये गये हैं—शरीरसंशोधन, दृढ़ता, स्थिरता, धीरता, लघुता, आत्मप्रत्यक्ष, निर्लिप्तता और मुक्ति लाभ।

प्रथम अंग षट्कर्म साधन ये हैं—

**"धौतिर्बस्तिस्तथा नेति र्लौलिकी त्राटकं तथा ।
कपालभातिश्चैतानि षट्कर्माणि समाचरेत् ॥"**

द्वितीय अंग आसन के अभ्यास से शरीर सुदृढ़ एवं मन में स्थिरता प्राप्त होती है। विश्व में जितनी जीवयोनियाँ हैं, उतने ही प्रकार के आसन हैं। भगवान् शिवजी ने चौरासी लाख आसनों का वर्णन किया है। तथापि चौरासी आसन मुख्य हैं, उनमें भी तैंतीस आसन इस लोक के लिए मङ्गल-जनक हैं। हठयोग प्रदीपिका में सिद्ध, पद्म, सिंह तथा भद्र इन चार आसनों को मुख्य बताया है।

**"सिद्धं पद्मं तथा सिंहं भद्रं चेति चतुष्टयम् ।
श्रेष्ठं तत्रापि च सुखे तिष्ठेत् सिद्धासने सदा ॥"**

उक्त चारों में भी सुखरूप सिद्धासन से बैठना श्रेष्ठ कहा गया है।

मुद्रा—प्राणायाम, प्रत्याहारादि अंगों की सिद्धि में जिन क्रियाओं से सहायता मिलती है, उन क्रियाओं को 'मुद्रा' कहते हैं। मुख्य मुद्राओं के नाम इस प्रकार हैं—महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान, जालन्धरबन्ध मूलबन्ध महाबन्ध, महावेधा, खेचरी, विपरीतकरणी, योनिमुद्रा, वज्रोली, शक्तिचालनी, तडागी, माण्डकी, शाम्भवी, पञ्च धारणा, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातंगी और भुजङ्गिनी।

प्राणायाम—रेचक, पूरक तथा कुम्भक भेद से प्राणायाम तीन प्रकार का है। उनसे भी कुम्भक के दो प्रकार हैं—सहित और केवल।

राजयोग के सोलह अंग—भक्ति तथा षड्दर्शनों के अनुसार सात अंग राजयोग के हैं। उनमें विचार की प्रधानता रहती है। धारणा के दो अंग हैं—प्रकृति धारण और ब्रह्म धारणा। ध्यान के तीन अंग हैं—विराड्ध्यान, ईश-ध्यान तथा ब्रह्म ध्यान। समाधिके चार अंग हैं—वितर्का नुगत, विचारानुगत, आनन्दानुगत और अपस्मतानुगत। इनके यथाक्रम ध्यातव्य विषय ये हैं—स्थूलभूत, सूक्ष्मभूत, इन्द्रिय, अहंकारतादात्म्यापन्न पुरुष।

लययोग के नौ अंग—यम, नियम, स्थूलक्रिया, सूक्ष्म-क्रिया, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, लयक्रिया और समाधि। स्वरोदयसाधना का सूक्ष्म क्रिया के साथ, नादानुसन्धान-क्रिया का प्रत्याहार के साथ, षट्चक्रभेदन क्रिया का धारणा के साथ सम्बन्ध है। समस्त नाडियों का मूलभूत पक्षी के अण्ड की तरह एक कन्द स्थित रहता है, जिसमें से बहत्तर हजार नाडियाँ निकलकर सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त हुई हैं। उनमें से तीन इडा, पिङ्गला और सुषुम्ना नाम की नाड़ियाँ मुख्य हैं। मेरुदण्ड के वाम भाग में चन्द्ररूपिणी इडानाडी, मेरुदण्ड के दक्षिण भाग में सूर्यरूपिणी पिङ्गला-नाडी, और मध्य भाग में चन्द्र—सूर्याग्निरूपिणी त्रिगुणमयी सुषुम्ना नाडी स्थित रहती है। मूल से उत्थित इडा और पिङ्गला मेरुदण्ड के वाम और दक्षिण भाग में समस्त चक्रों को वेष्टन करके आज्ञाचक्रतक धनुषाकार से जाकर भ्रूमध्य के ऊपर ब्रह्मरन्ध्र मुख में संगत होती हुई नासारन्ध्र में प्रवेश करती है। भ्रूमध्य के ऊपर जहाँ इडा और पिङ्गला मिलती हैं वहीं पर मेरुमध्य में स्थित सुषुम्ना भी जा मिलती है।

अतएव इस स्थान को त्रिवेणी कहा गया है। क्योंकि इन तीनों नाडियों को गंगा, यमुना और सरस्वती कहते हैं—

"इडा भोगवती गङ्गा पिङ्गला यमुना नदी। इडा-पिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्ना च सरस्वती ॥" योगसाधना के बल से जो योगी अपनी आत्मा को इस त्रिवेणी में स्नान कराता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है—"त्रिवेणीयोगः सा प्रोक्ता तत्र स्नानं महाफलम् ॥"

प्रणव के आकारवाली सुषुम्ना, धनुषाकार इडा और पिङ्गला के बीच में से मेरुदण्ड के अन्त तक जाकर और उससे अलग होकर वक्राकार को धारण करके भ्रूयुगल के ऊपर इडा और पिङ्गला के साथ ब्रह्मरन्ध्रमुख में संगत होकर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त जाती है। इडा-पिंगला के समान ही मूलकन्द से लेकर ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्त फैली हुई सुषुम्ना नाडी की छह ग्रन्थियाँ हैं, जिन्हें षट्चक्र कहते हैं। यौगिक प्रक्रिया के द्वारा मूलाधार में सुप्तावस्था स्थित कुण्डलिनी को जागरित कर इन छह चक्रों के द्वारा सुषुम्ना मार्ग में प्रवाहित कर ब्रह्मरन्ध्र के ऊपर सहस्रदल कमल पर स्थित परमशिव में लीन कर देना ही लययोग का लक्ष्य है। यही शिव-शक्ति संयोग रूप मुक्ति क्रिया है। इस अवस्था में योगी, निरञ्जन-ज्ञानरूप परमात्मभाव को प्राप्त कर मुक्त हो जाता है।

योग-साधना में सतत सावधानी

[ले०—आचार्य सूर्य्यदत्त शास्त्री]

भारतीय आध्यात्मिक साधनाओं में योग साधना का महत्व बहुत अधिक रहा है। भारतीय वाङ्मय में इसकी प्रशंसा अत्यधिक की गई है। योग द्वारा जीवन में जो महान् उपलब्धियाँ हुई हैं, वह विश्व विश्रुत और बहुचर्चित है। इस अनित्य संसार में और नाशवान् इस शरीर में अलभ्य और दुर्लभ आत्मतत्व की अनन्त शक्तियों का प्रत्यक्षीकरण और मृत्यु पर विजय प्राप्त करने की अमोघ शक्ति प्राप्त करना—यह योग साधना से ही सम्भव है। आश्चर्यजनक इहलौकिक एवं पारलौकिक चमत्कारों को तो योग मार्ग की हेय उपलब्धियाँ मानी जाती हैं। इस साधना में तो साधक आत्मोपलब्धि कर लेने के बाद "यथा ब्रह्माण्डे तथैव पिण्डे" अर्थात् ब्रह्माण्ड की सारी स्थितियाँ योगी के एकमात्र पिण्ड में मनमस्तिष्क में प्रत्यक्ष होता है, उपलब्ध होता है। "कर्तुमकर्त्तुमन्यथा कर्त्तुम्" समर्थ हो जाता है। वर्तमान जगत् की सारी भौतिक वैज्ञानिक उपलब्धियाँ उसके सामने अकिञ्चनवत् हो जाती हैं। आज विज्ञान ने भौतिक जगत् पर भले ही अधिकार कर लिया है पर सूक्ष्मातिसूक्ष्म जगत् आधिभौतिक और आध्यात्मिक जगत् उससे बहुत ऊपर और दूर है। उसके पकड़ से परे की बात है। भले ही विज्ञान का चमत्कार भी आज दुनियाँ को आश्चर्य चकित किये है। उसकी मान्यता को, उसकी विशेषता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। पर जब हम इसका तुलनात्मक अध्ययन कर उन शक्तियों का संतुलन करते हैं तो योग द्वारा प्राप्त अमोघ शक्तियों के मुकाबले अन्यान्य सारी शक्तियाँ फीकी पड़ जाती हैं। प्राणात्मा पर अधिकार कर मन चाहा उपयोग करना, मृत्यु पर कब्जा करना, स्वेच्छया भौतिक शरीर में परिवर्तन करना आदि बातें इस योग साधना से ही सम्भव हैं।

भारतवर्ष में इस साधना का पूर्णविकास एवं प्रचार रहा बल्कि इस मार्ग पर चलने वाले बड़े २ योगी, यति एवं सिद्धगण यहाँ हुए और अपने अनुभवों से इस मार्ग को सदा राजमार्ग की तरह सुलभ एवं प्रशस्त बनाने का पुर जोर परिश्रम किया। यही कारण है कि आज 'योग विद्या' अपने में पूर्ण काम है और उसके मार्ग सारे मानव जाति के कल्याण के लिए खुले हैं।

इस विलासी युग में देश-विदेशों में आज हर जगह योग की चर्चा सुनी जाती है। बड़े २ वैज्ञानिक, डाक्टर, इञ्जिनियर इस ओर आकर्षित हैं और इसकी उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील हैं। इस सूक्ष्म साधना में स्थूल भौतिकता से सूक्ष्मतम आत्मिक तत्वों की उच्चतर कोटि में पहुँचाना साधारण बात नहीं है। कहनी और करनी में बहुत अन्तर है। हर व्यक्ति इस मार्ग पर चल भी नहीं सकता। पर भारतवर्ष में इन दिनों इसकी बाढ़-सी आई है। बहुतेरे तथा कथित सन्त महात्मा एवं कई सम्पन्न और सुप्रतिष्ठित संस्थाएँ तो योग को भी व्यवसायिक रूप देकर लाखों लाख व्यय कर आश्रम बनाकर प्रचार प्रसार करते हुए प्रशिक्षण दे रहे हैं। देश देशान्तरों में भी खूब प्रचार प्रसार है। बहुचर्चित और प्रचारित तथा कथित योग प्रचारक संस्थाओं द्वारा योग प्रसार से किन-किन व्यक्तियों को आत्मोपलब्धि हुई है या चमत्कार प्राप्त किये हैं, प्रभु का साक्षात्कार किये हुए हैं—यह तो आज तक देखने को नहीं मिला। वाग्विलास और मनको आकर्षित करने के लिए सिद्धान्त की सूक्ष्मातिसूक्ष्म बातें सुनने और जानने को बहुत मिलती हैं। पर पहले की तरह ख्यातनाम योगियों की कोटि में, आज के युग के योगी सफलता प्राप्त कर रहे हैं या नहीं—यह संशयापन्न विषय है। मैं इस विषय पर प्रकाश नहीं डालूंगा। मेरा तो विषय है कि इस मार्ग में साधक को शुरू से ही सतत सावधानता रखनी चाहिए। सतत सावधान न रहने के कारण लोग भटक जाते हैं, पथभ्रष्ट हो जाते हैं और जीवन में कहीं के कहीं जा गिरते हैं। यों

तो जीवन में ही सदा सावधान रहने की सीख दी जाती है पर योग साधना में तो सावधानता अनिवार्य है। इस छोटे लेख में सावधान-स्थलों का दिग्दर्शन कराने का प्रयत्न करूँगा, शायद साधकों के लिए लाभप्रद हो।

योग मार्ग के साधकों को पहले ही सावधान होकर अपने गुरू का चुनाव करना चाहिए। यों तो आजकल तो योग के बहुत से मास्टर उस्ताद एवं गुरू मिलते हैं, पर जानकर, समझकर गुरु बनाना चाहिए जो योगमार्ग के मौलिक सिद्धान्तों को, प्रक्रियायों को पूर्ण रूप से जानते समझते और जनाने समझाने की बौद्धिक और रचनात्मक शक्ति रखते हैं। हर तरह से सफलता प्राप्त किये हुए पूर्णकाम हैं। कहावत है कि पानी पीये छानकर गुरु करें जान कर। अतएव सदा सावधान होकर योग्य गुरु का चुनाव करना चाहिए। आजकल के पाखण्डपूर्ण कार्यकलापों और बड़े-बड़े आश्रमों के ठाट-बाट में नहीं फँसना चाहिए।

इस तरह योग की प्रारम्भिक (शिक्षा-सिद्धान्त) एवं क्रियात्मक दोनों में पूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए। किसी कार्य या भवन की आधार शिला सुदृढ़ और सुस्थिर होती है तब ही उसके ऊपर बननेवाला भवन चिरस्थायी और सुन्दर होता है। अतएव योग मार्ग में तो पग-पग पर सावधान रहने की जरूरत है। जब आप साधना करना चाहते हैं तो आप की नैतिकता भी उच्चकोटि की होनी चाहिए। आपका आचार-विचार तथा व्यवहार अर्थात् सन्तों की वाणी में आप की 'रहनी' साफ-सुथरी, सात्विक और साधु होनी चाहिए। जरा भी आप असावधान रहे, तो आपका सारा परिश्रम बेकार चला जायेगा। साधना में प्रत्येक पल, प्रत्येक क्षण, प्रतिदिन चौकस, सजग और उत्साह-वर्द्धित स्थिति में रहना चाहिए। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मात्सर्यादि विकारों की लहरें सदा थपेड़ा मारती रहती हैं। इससे सदा सावधान रहना। मनोविकारों की चंचल उर्मियों से दूर रहना होगा, इसकी दौड़ के पीछे कतई नहीं भागना-फिरना चाहिए। इन्द्रियों की तीव्र पिपासा, इनकी लोलुपता मनुष्य को पशु बना देती है। अतः खूब सावधान होकर जगत् का व्यवहार निभाते हुए इस मार्ग पर चलने में मुख्यतः आहार-विहार में विशेष सावधानता का प्रयत्न करना चाहिए। गुरु के आदेश तथा योग के नियमों के अनुसार खट्टा, चटपटा, मीठा, कसैलादि रसों का सावधानी से प्रयोग एवं सेवन करना होगा उसी प्रकार सोने-जागने में भी सावधान रहने की आवश्यकता है। भगवान् कृष्ण ने गीता में कहा है—

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥

योगमार्ग में अनेकानेक विघ्न आते हैं जिसकी चर्चा महर्षि पतञ्जलि ने अपने योग-दर्शन में की है—

"व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्यविरतिभ्रान्तिदर्शन-लब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः॥३॥

अर्थात्—व्याधि (रोग) स्त्यान (अकर्मण्यता) संशय प्रमाद, आलस्य अविरति भ्रान्ति दर्शन अलब्ध भूमिकत्व, (फल में सन्देह) और अनवस्थितत्व (चित की अस्थिरता)

यह नव प्रकार के चित के विक्षेप (विघ्न) कहे जाते हैं। अतः उपर्युक्त दोषों से सदा पराङ्मुख और सावधान रहना ही श्रेयस्कर होगा। उक्त दोषों से ही मानव विचलित हो जाता है। साधना में अवरोध पैदा हो जाता है। व्यासजी ने कहा है—

एते चित्तविक्षेपनवयोगमलाः योगप्रतिपक्षः
योगान्तराया इत्यभिधीयन्ते।

इतना ही नहीं और भी आगे बतलाते हैं कि—

"दुःखदौर्मनस्याङ्गमेजयत्वश्वासप्रश्वासविक्षपसहयुजः"

अर्थात्—दुःख दौर्मनस्य (इच्छापूर्ति पर निराशा) अंगमेजयत्व (अंगकम्पन) श्वास प्रश्वास यह पाँचों भी विक्षेप के साथ रहने वाले हैं।

इसलिए इन सभी स्थितियों में साधक पूर्णरूप से सावधान रहे। इसीलिए इस मार्ग में सतत सावधानता का विशेष निर्देश किया गया है। बस, इतना ही इस लघुलेख में पर्याप्त होगा, नहीं तो साधना में तो सूक्ष्मातिसूक्ष्म मनोवैज्ञानिक स्थिति और मानव की सूक्ष्म कमजोरियाँ इतनी हैं, भावनाओं को विचलित करने वाली कितनी ही हरकतें हैं जिसके सम्बन्ध में सूक्ष्मता से विचार उपस्थित किया जाए तो एक ग्रन्थ ही बन जाने की सम्भावना है। अतः इस सम्बन्ध में भगवान् कृष्ण भी सतत सावधानता बरतने का आदेश देते हुये लिखते हैं—

यत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्ध किल्विषः ।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम्॥

अर्थात्—जो प्रयत्न पूर्वक सावधानता के साथ उपाय करनेवाला साधक अपनी योग साधना से पापरहित हो जाता है। अनेक जन्मों में संस्कारागत साधना से सिद्धि की प्राप्ति होती है और साधक सर्वोत्तम गति प्राप्त करता है।

इस मार्ग की सिद्धावस्था में भी अनेक चमत्कार और उपलब्धियाँ प्रस्फुटित होती हैं जो इस योगमार्ग के सफल परिणाम माने जाते हैं। पर इससे भी विरक्त और उदासीन रहनेवाला साधक अपने महान लक्ष्य की प्राप्ति में अग्रसर होता है और उसी को अनन्त शक्तियाँ वरण करती हैं, वही सिद्ध, सफल तथा पूर्णकाम होता है।

अग्निपुराण में-प्राणायाम विवरण

[डा. ज्योतिर्मित्र आचार्य]

[विद्वान् लेखक का अग्निपुराण पर समस्त योगाङ्गों का विवेचन करते हुए बड़ा लेख हमें मिला है— स्थानाभाव के कारण यहाँ प्रस्तुत अंश ही दिया जा सका है। —संपादक]

अग्निपुराण ने प्राणायाम शब्द की वैज्ञानिक व्याख्या की है। उनके अनुसार स्व-शरीर में रहने वाली वायु ही प्राण है और उसके निरोध का नाम आयाम है। इस प्रकार प्राणायाम का सामान्य अर्थ प्राणवायु का रोकना होता है। पतञ्जलि ने आसन के होते हुए श्वास-प्रश्वास की गति के रोकने को प्राणायाम कहा। व्यास ने श्वास और प्रश्वास पद की शरीर क्रियापरक व्याख्या की है। उनके अनुसार बाह्य वायु का आभ्यन्तर खींचना 'श्वास' तथा कोष्ठगत वायु का बाहर निकालना 'प्रश्वास' है तथा उन दोनों की गतियों को रोक देना ही प्राणायाम है।

अ०पु० ने प्राणायाम की विधि का भी उल्लेख किया है। इसके सम्पादन में रेचक, पूरक एवं कुम्भक इन तीन क्रियाओं का सन्निवेश है। इसी को अ० पु० ने अन्यत्र (१६१।२२, २३) प्राणायाम के त्रिविध भेद के रूप में प्रस्तुत किया है। योगसूत्र में रेचक आदि नाम दृष्टिगत नहीं होते और उनके स्थान में क्रमशः बाह्य (प्रश्वास), आभ्यन्तर (श्वास) एवं स्तम्भ वृत्ति का उल्लेख हुआ है। इसके अतिरिक्त एक चतुर्थ प्रक्रिया का भी संकेत पतञ्जलि ने दिया है। प्राणायाम की विधि के सम्पादन के प्रसंग में अ०पु०का कथन है कि साधक को अपनी अंगुलि से नासिका के एक छिद्र (नासापुट) को दबाकर दूसरे छिद्र (नासापुट) द्वारा उदरस्थित वायु को बाहर निकालना चाहिए। इस उदरस्थित वायु का बाहर निकालना ही रेचन है। इस कारण इस क्रिया को 'रेचक' कहा गया है तदनन्तर चमड़े की धौंकनी (चर्महृति) के समान शरीर को बाह्य वायु से पूरण करना चाहिये। जब शरीर वायु से परिपूर्ण हो जाय तो कुछ समय तक साधक को स्थिर भाव से बैठे रहना चाहिये। बाह्य वायु को आभ्यन्तर शरीर में पूरण करने के कारण इस क्रिया का नाम 'पूरक' है। इस प्रकार शरीर में जब वायु भर जाय या शरीर वायुसे परिपूर्ण हो जाय तब साधक न तो आभ्यन्तर वायु को ही छोड़ता है और न ही आभ्यन्तर वायु को ग्रहण करता है अपितु पूर्ण घट की भाँति अविचल भाव से स्थिर रहता है। उस समय कुम्भवत् स्थिर रहने के कारण उसकी चेष्टा 'कुम्भक' कहलाती है। जहाँ तक रेचक आदि तीन क्रियाओं के उल्लेख का प्रश्न है उस प्रसंग में यह निर्देश करना अनुपयुक्त न होगा कि ये तीनों नाम भोजवृत्ति में उपन्यस्त हैं। अ०पु० ने इसी सन्दर्भ में प्राणायाम की श्रेणी का भी निरूपण कर दिया है जो कि पातञ्जल दर्शन के किसी भी सम्प्रदाय-ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं। प्राणायाम-श्रेणी का परिसंख्यान करते हुए अ० पु० का कथन है कि बारह मात्रा (पल) का एक उद्घात होता है और इतनी अवधि तक वायु का रोकना कनिष्ठ-श्रेणी का प्राणायाम कहा जाता है। दो उद्घात अर्थात् २४मात्रा तक किया जाने वाला कुम्भक मध्यम श्रेणी का एवं तीन उद्घात (३६ मात्रा) का उत्तम श्रेणी का प्राणायाम माना गया है। ताल या ह्रस्व अक्षर के उच्चारण-काल का नाम मात्रा है—'तालो लघ्वक्षरो मात्रा (अ० पु० १६१।२४)'। प्राणायाम में प्रणत आदि का जप शनैः शनैः करना आवश्यक है (अ० पु० १६१।२४)। वस्तुतः उत्तम प्राणायाम वह है जिसके करने पर शरीर से स्वेद-निर्गत हो तथा कम्पन आरम्भ हो जाय।

प्राणायाम की भूमिकाओं में से जिस पर सम्यक् अधिकार न हो जाय उस पर सहसा आरोहण नहीं करना चाहिये। प्राणायाम के लाभ के वैशिष्ट्य के परिचय में पुराण का कथन है कि प्राण के जप कर लेने पर हिक्का एवं श्वासादि, रोग दूर हो जाते हैं। इतना ही नहीं अपितु इनसे मल-

मूत्रादि के दोष भी शनैः शनैः समाप्त होने लग जाते हैं। आरोग्य, शीघ्रगामिता, उत्साह, स्वरमाधुर्य, बल-वर्ण का प्रसाद तथा सर्वविध दोषों का दूर हो जाना प्राणायाम के अद्भुत लाभ हैं। सगर्भ एवं अगर्भ भेद से प्राणायाम के दो विभाग अग्निपुराण ने अन्यत्र (१६।२१) किये हैं। जो प्राणायाम जप एवं ध्यान के बिना किया जाता है उसका नाम अगर्भ है तथा इसके विपरीत इन दोनों के साथ किये जाने वाले प्राणायाम का नाम सगर्भ है। इन्द्रियों पर विजय पाने के लिए सगर्भ प्राणायाम ही उत्तम माना गया है तथा उसी का अभ्यास करना विहित है। ज्ञान एवं वैराग्य से युक्त होकर प्राणायाम के अभ्यास से इन्द्रियों पर विजय कर लेने पर सर्वविध विजय प्राप्त हो जाती है। यही स्वर्ग और नरक है। यही इन्द्रियां जब वश में हो जाती हैं तब व्यक्ति को स्वर्ग पहुँचा देती हैं और जब स्वतन्त्र हो जाती हैं तो नरक में पहुँचा देती हैं। इस विषय में अ० पु० ने इस प्रसंग में कठोपनिषद के तत्सम्बद्ध भाव को एक उदाहरण के माध्यम से पुष्ट किया है। कथानक के अनुसार शरीर को रथ से, इन्द्रियों को घोड़ों से, मन को सारथि से एवं प्राणायाम को कशा से तुलना की गई है। ज्ञान एवं वैराग्य की रश्मि से आबद्ध मन रूपी अश्व को प्राणायाम से आबद्ध करके जब सम्यक् प्रकार से नियन्त्रण में कर लिया जाता है तब मन शनैः शनैः स्थिर हो जाता है। जो मनुष्य १०० वर्षों से कुछ अधिक काल तक कुश के अग्रभाग से जल की एक बूंद लेकर उसका पान करता रहता है उसकी वह तपस्या और प्राणायाम समान माने गये हैं।

प्रत्याहार—प्रत्याहार की व्याख्या योग-दर्शन के समान ही अ० पु० में प्रतिपादित है। उसके अनुसार विषय रूपी समुद्र में प्रसक्त इन्द्रियों को उनके विषयों से हटाकर अपने आधीन करना प्रत्याहार कहलाता है।

सरल परिभाषा

[डा० ईश्वरप्रसाद चतुर्वेदी]

सुविशाल भारतीय संस्कृत साहित्य के इतिहास में योगप्रक्रिया का महत्त्वपूर्ण स्थान है। वेदकाल से आरम्भ कर लौकिक संस्कृत काल पर्यन्त योग की विचारधारा की उत्कृष्टता की सराहना अनेक विद्वानों, ऋषियों एवं साधकों ने मुक्तकंठ से की है। इन सभी विचारकों ने भक्ति मार्ग की उपासना से भगवत्व प्राप्ति में योग को परमोपयोगी कारण माना है। अन्वेषण करने से जैसे अन्य प्रसिद्ध शास्त्रों के मूलतत्व प्रायः वेद में मिल जाते हैं, वैसे ही योग की विचारधारा के प्रमुख मूलतत्त्व भी वैदिक संहिताओं, उपनिषदों आदि में सर्वप्रथम प्राप्त हो जाते हैं। वैदिक काल में योग की विचारधारा के प्रमुख तत्व अत्यन्त आवश्यक होने पर भी विभिन्न वैदिक ग्रन्थों में प्रकीर्ण रूप से सुरक्षित रहे। इसके अतिरिक्त वैदिक काल में योग के प्रमुख मूल तत्त्व अधिकांश में गुरु, शिष्य की परम्परा के रूप में मौखिक रूप में भी सुरक्षित रहे थे। तात्पर्य यह है कि योग की उपासना पद्धति की सर्वोत्कृष्टता का अनुभव करने वाले महान् गुरुजन शिष्य की ज्ञान शक्ति के वैभव का अनुमान कर उसे योग्य समझ कर ही इस सद्विद्या का उपदेश देते थे। अयोग्य शिष्य को महान् पातक के भय के कारण गुरु जन योग की महनीय उपासना पद्धति का उपदेश प्रायः नहीं करते थे। यद्यपि योग की विचारधारा अनेक महान् विचारकों के गहन चिन्तन का विषय वन सकी, जन सामान्य की विचारधारा से प्रायः दूर रही। तो भी यह तथ्य है कि अनेक विद्वानों एवं साधकों ने योग-मार्ग की पद्धति से उपासना कर ज्ञान विज्ञानमय विशाल साहित्य का निर्माण किया है, वह सर्वथा सराहनीय है। इन विद्वान् साधकों ने योग की विचारधारा के जिन प्रमुख सत्य सिद्धान्तों का उद्घाटन संसार के समक्ष प्रस्तुत किया है, वे भौतिक विज्ञान की कसौटी पर भी सत्य स्वीकार किये गये हैं। इस प्रकार अनेक वैज्ञानिक विद्वान् भी योग की विचारधारा से प्रभावित होकर योग के अन्य मूल तत्वों का विस्तृत परिचय प्राप्त करने के लिए पर्याप्त प्रयत्नशील हैं। योग मार्ग की उपासना को अनेक वैज्ञानिकों, विद्वानों ने जन-सामान्य के लिए पर्याप्त उपयोगी मानते हुए उसके विस्तृत प्रचार के लिए वल दिया है।

योग का अर्थ

अव इस महत्वपूर्ण योग शव्द के अर्थ का विचार करना उचित होगा। व्याकरण के अनुसार योग शव्द समाध्यर्थक "युज्" (युज्-समाधौ) धातु से बनता है। जिसका अर्थ समाधि है। लौकिक संस्कृत के दार्शनिक काल में योग प्रक्रिया को सभी दार्शनिकों ने अत्यन्त उपयोगी समझकर इसका कमवद्ध तात्विक विवेचन प्रस्तुत किया। वस्तुतः दार्शनिक काल में योग की विचारधारा एक महत्वपूर्ण दर्शन-शास्त्र के रूप में विकसित हुई। योग दर्शन को व्यवस्थित शास्त्र के रूप में प्रस्तुत करने का श्रेय महर्षि श्री पतंजलि को दिया जा सकता है। भारतीय परम्परा ने योग सूत्र के निर्माता तथा व्याकरण महाभाष्य के रचयिता पतंजलि को एक ही व्यक्ति माना है, जैसा कि निम्नांकित श्लोक से स्पष्ट है—

इस प्रकार योग दर्शन की समस्त विचारधारा को सूत्र रूप में पतंजलि ने क्रमवद्ध किया, वे ही योग सूत्रों के नाम से प्रसिद्ध हैं। आगे की पीढ़ी के अनेक दार्शनिकों ने इन्हीं योग सूत्रों पर विभिन्न प्रकार से टीका-टिप्पणी एवं भाष्य आदि का निर्माण कर योगदर्शन की परम्परा को पूर्ण विकसित किया। इन दार्शनिकों की इस साधना का परिणाम यह हुआ कि भारतीय प्रमुख षड्दर्शनों की गणना में योगदर्शन को भी सम्मिलित कर लिया गया। कुछ लोग योग दर्शन एवं सांख्य दर्शन को अलग-अलग मानते हैं, किन्तु ऐसा विचार करना उचित प्रतीत नहीं होता। क्योंकि वस्तुतः

ये दोनों ही दर्शन शास्त्र एक दूसरे के पूरक हैं। इसी आधार पर निम्नांकित सूक्ति प्रसिद्ध है—

'सांख्ययोगौ पृथग् बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः'
अर्थात् सांख्य और योग को अलग-अलग बालक कहते हैं, विद्वान् नहीं।

कवि कुल गुरु कालिदास ने भी रघुवंश में भारतीयों की जीवन पद्धति के प्रसंग में योगशास्त्र का विवेचन निम्नांकित श्लोक में सरल ढंग से प्रस्तुत किया है—

शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।
वार्धक्ये मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्"।।

अर्थात् बाल्यावस्था में अनेक विद्याओं का अध्ययन कर, युवावस्था में अनेक प्रकार के सुखभोगों का अनुभव कर, वृद्धावस्था में मुनियों के समान आचरण कर अन्त में योग-शास्त्र में निरूपित पद्धति से भारतीय लोग अपने शरीर को त्याग देते थे।

योग की परिभाषा के सम्बन्ध में अनेक दार्शनिकों ने विभिन्न प्रकार से विचार प्रस्तुत किये हैं। महर्षि पतंजलि ने "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः", अर्थात् चित्त की वृत्तियों को रोकने को योग संज्ञा बताई है। चित्त का अभिप्राय अन्तःकरण से है।

सांसारिक जनों को योग मार्ग का रहस्य समझाने के लिए भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता में सरल ढंग से योग की व्याख्या निम्नांकित प्रकार से प्रस्तुत की है। "योगः कर्मसु-कौशलम्" अर्थात् संसार के समस्त कार्यों को पूर्ण कुशलता से प्रतिपादित करने की क्षमता को योग कहते हैं। वस्तुतः योग की यही परिभाषा सर्वोत्तम कही जा सकती है।

कहती दुनिया मुझे वियोगी

[योगेन्द्र सिंह]

क्षण भर योगी, क्षण भर भोगी
कहती दुनिया मुझे वियोगी।

मानवता की एक मड़ैया
अपने हैं सब भैया मैया
रास रचायें ठुमुक कन्हैया
ताल ताल पर साज सजेगी,
कहती दुनिया मुझे वियोगी।

एक मात्र अपना है जीवन
ईश्वर चिंतन शत शत वंदन
द्रवित वेदना दुख औ क्रंदन
पीड़ा भी कुछ बोल उठेगी
कहती दुनिया मुझे वियोगी।

नैतिकता अपना ही पन है
युग का अंधा ही दर्पण है
क्षण भोगी अंतर दंशन है
मुरझाई क्या साध जगेगी
कहती दुनिया मुझे वियोगी।

बाहर मुखर कहानी सजनी
झुलसा अंतर बची निशानी
गाओ मिल सब शेष जवानी
क्षुधा विश्व की क्षुब्ध लगेगी
कहती दुनिया मुझे वियोगी।

गरुड़ पुराणोक्त योग की समीक्षा

[डा० (सुश्री) जयन्ती भट्टाचार्य]

गरुड़ पुराण के प्रथम खण्ड के ४४वें, २१८वें, २२७वें तथा २२८वें एवं २२९वें अध्यायों में पातंजल योगदर्शन की सूक्ष्म चर्चा की है। ग० पु० का कथन है कि 'आत्मा' का ज्ञान ध्यान चक्षु द्वारा किया जा सकता है अथवा सांख्य के बुद्धि के द्वारा, पर कुछ लोगों का विचार है कि ये योग के द्वारा ही प्राप्त किए जा सकते हैं। इस प्रकार मुक्तिपद एक चित्ततावाले योग की चर्चा की पातंजल योगसूत्र के समान 'योगश्चित्तवृति निरोधः' इस प्रकार की योग की परिभाषा न कर 'योगसूत्रैक चित्तता' की परिभाषा की है।

योग को आत्मोन्नति के साधन के रूप में सभी भारतीय दर्शनों ने स्वीकार किया है। यहां तक कि वेद, उपनिषद्, स्मृति, पुराण सभी में योगाभ्यास की चर्चा आयी है। जब तक मनुष्य का चित्त अंतःकरण स्थिर निर्मल नहीं होता तब तक उसे तत्वज्ञान की सम्यक् उपलब्धि नहीं होती है। मान्तमन एवं शुद्ध हृदय से ही हम इन गूढ़ तत्व को पा सकते हैं। आत्मोन्नति के लिए योग ही सर्वश्रेष्ठ साधन है। इससे शरीर एवं मन की शुद्धि होती है। गरुड़ पुराणकार ने इसी दृष्टि से अष्टांग योग की चर्चा की है। ग० पुराण के अनेक स्थलों में योग प्रस्थान की चर्चा की है।

अष्टांग योग : अष्टांग योग के अन्तर्गत पातंजल योग-दर्शन के समान गु० पु० ने यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि का वर्णन किया है। यम और नियम को छोड़कर शेष छः को योग प्रसाधक माना माना गया है।

यम के पांच अंग हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह।

(१) अहिंसा : कर्म, मन एवं वाणी के द्वारा समस्त प्राणियों के प्रति हिंसा से विरत रहने वाला धर्म ही अहिंसा है। यही सर्वोत्तम सुख है। किन्तु विधि या नियम के द्वारा जो हिंसा होती है वही अहिंसा कहलाती है। पातंजल योग दर्शन में यह कहा गया है कि अहिंसा की प्रतिष्ठा होने पर वैर त्याग होता है।

(२) सत्य : व्यक्ति को सदा सत्य एवं प्रिय भाषण करना चाहिए। सत्य और अप्रिय बोलना ठीक नहीं है। इसके साथ-साथ प्रिय असत्य बोलना ठीक नहीं है यही सनातन धर्म है।

पतंजलि का कथन है कि सत्य की प्रतिष्ठा होने पर क्रियाफल के भाव का आश्रय का भाव आ जाता है।

(३) अस्तेय : चौर्य कर्म द्वारा अथवा बलपूर्वक किसी के द्रव्य का अपहरण करना स्तेय है। स्तेय कर्म का परित्याग अस्तेय कहलाता है।

पतंजलि का कथन है कि अस्तेय की प्रतिष्ठा होने पर सब प्रकार के रत्नों की प्रतिष्ठा हो जाती है।

(४) ब्रह्मचर्य : मन एवं वाणी से सभी अवस्थाओं में सर्वथा मैथुन का त्याग करना ही ब्रह्मचर्य है।

योग सूत्र के अनुसार ब्रह्मचर्य की प्रतिष्ठा होने पर वीर्य लाभ होता है।

(५) अपरिग्रह : आपत्काल में अपनी इच्छा से किसी भी द्रव्य का ग्रहण न करना ही अपरिग्रह है। इस प्रकार परिग्रह को यत्नपूर्वक त्याग देना चाहिए।

पतंजलि का कथन है कि अपरिग्रह की स्थिति हो जाने पर पूर्व जन्म का ज्ञान हो जाता है।

(६) नियम : नियम के अन्तर्गत शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय एवं ईश्वर प्रणिधान की गणना है।

(१) शौच : शौच का साधारण अर्थ पवित्रता से है। ये दो प्रकार का माना जाता है :—

(अ) वाह्य शौच (३) आभ्यन्तर शौच !

(अ) वाह्य शौच :—मृत्तिका जलादि से होता है।

(ब) आभ्यन्तर शौच—आभ्यन्तर शौच भावना द्वारा होती है।

योग सूत्र की यह विचारधारा है कि शौच के पालन से दूसरे से संसर्ग न करने की इच्छा होती है।

(२) संतोष :—जो वस्तु स्वतः मिल जाय उसी को सन्तोष कहते हैं और संतोष ही सुख है।

पतंजलि भी इसी प्रकार संतोष से सुख की प्राप्ति का निर्देश करते हैं।

(३) तप :—मन तथा समस्त इन्द्रियों की एकाग्रता ही परम तप है। शरीर को शोषण करने वाले कृच्छ कठिन चान्द्रायण व्रत भी इसके अन्तर्गत आते हैं।

योगसूत्र के अनुसार तप के प्रभाव से अशुद्धि का नाश हो जाता है तथा शरीर तथा इन्द्रियों की सिद्धि होती है।

(४) स्वाध्याय : वेदान्त, शतरुद्री, प्रणव आदि के जाप तथा पठन को स्वाध्याय कहा गया है। स्वाध्याय पुरुषों के मन को शुद्ध करने वाला होता है।

पतंजलि का यह निर्देश है कि स्वाध्याय से इष्ट देवता का साक्षात्कार हो जाता है।

(५) ईश्वर प्राणिधान : वाणी, मन और शरीर के कर्म से ईश्वर की स्तुति, स्मरण, मनन पूजा एवं हरि में अनिश्चला भक्ति को ईश्वर प्राणिधान कहा गया है।

योग सूत्र का कथन है कि ईश्वर प्रणिधान से समाधि की सिद्धि हो जाती है।

आसन :—इसमें आसन, स्वस्तिकासन, पद्मासन, अर्द्धासन आदि की गणना है।

पतंजलि का कथन है कि आसन की सिद्धि से छन्दों का आघात नहीं लगता है।

(४) प्राणायाम : स्वदेहज प्राणवायु के निरोध करने को प्राणायाम कहा जाता है।

यह प्राणायाम तीन प्रकार का होता है—(१) पूरक (२) कुम्भक (३) रेचक।

(१) पूरक : वायु को शरीर में पूरण करने से पूरक होता है।

(२) कुम्भक : निश्चल होने से कुम्भक कहा गया है।

(३) रेचक : रेचक से रेचक कहा गया है। द्वादश मात्राओं से युक्त प्राणायाम लघु होता है। और चौबीस मात्रा से युक्त पर एवं छत्तीस मात्राओं से युक्त परमश्रेष्ठ माना गया है।

योग सूत्र का कथन है कि प्राणायाम की प्रतिष्ठा होने पर प्राणायाम के अभ्यास से मन की योग्यता होती है।

(५) प्रत्याहार : मन को विषय आदि से पृथक् करने को प्रत्याहार कहा गया है। पतंजलि का कथन है कि प्रत्याहार सिद्ध होने पर इन्द्रियाँ वश में आ जाती हैं।

(६) धारणा : मन की धृति को धारणा कहा जाता है।

(७) ध्यान : ब्रह्म के मूर्त एवं अमूर्त स्वरूप का चिन्तन करना ही ध्यान है।

(८) समाधि : मैं ही ब्रह्म हूँ—इस प्रकार की प्रतीति समाधि है। मैं ब्रह्म हूँ। मैं बिना शरीर का हूँ—इन्द्रियों से रहित हूँ। मैं मन, बुद्धि, अहंकार आदि से वर्जित हूँ। मैं जागृत, सुषुप्ति, आदि से मुक्त उसी की ज्योति स्वरूप हूँ। मैं नित्य शुद्ध, बुद्धियुक्त सत्य एवं एवं आनन्द स्वरूप अद्वितीय हूँ।

इस प्रकार गरुड़पुराण के विभिन्न अध्यायों में योग-दर्शन की चर्चा अति संक्षेप में हुई है।

"पुनर्वसु आत्रेय के योग का व्यावहारिक स्वरूप"

[डा० भागवत राम शास्त्री]

वर्तमान युग में शास्त्रानुसार वर्णित परम सिद्ध योगी पुरुष के स्वरूप का दिग्दर्शन आज प्राप्त होना दुर्लभ-सा प्रतीत होता है। एक युग था जबकि हमारे यहाँ वैसे योगी पुरुषों की कमी न थी एवं उन योगी पुरुषों को "आप्त पुरुष" शब्द से भी व्यवहार में सम्बोधित किया जाता था। परम सिद्ध योगी के शास्त्र वर्णित पूर्ण लक्षणों से युक्त पुरुष को आज हम व्यावहारिक रूप में प्राप्त करें तो उन्हें हम अपने से परे ईश्वर स्वरूप मानने में संकोच नहीं करेंगे।

योग व्यावहारिक स्वरूप में प्रधानतः तीन स्थितियों में प्राप्त है—प्रथम To Know, जानने की स्थिति, द्वितीय To Do करने की स्थिति अर्थात् सतत् योगाभ्यास करना एवं तृतीय To Be स्वयं वैसा ही हो जाना (परम सिद्धि प्राप्त कर लेना)।

व्यवहारतः देखा जाय तो प्रथम To Know जानने की स्थिति में कमी की प्रतीति नहीं होती। आज के युग में विश्व के अधिकांश बुद्धिजीवी प्राणी योग ज्ञान की उत्कृष्टता का वर्णन करते पाये जाते हैं। उनकी योग चर्चा से यह पूर्ण आभास भी होता है कि अमुक व्यक्ति वास्तव में परम सिद्ध या ज्ञानी योगी है, पर उनके अन्तराल में जाने पर शून्यता प्रतीत होती है। परन्तु इस स्थिति की निन्दा नहीं की जा सकती। ये पुरुष भी व्यवहारतः प्रशंसनीय हैं क्योंकि शास्त्र वर्णित योग विषयक ज्ञान का परिज्ञान कर समाज में जो उपदेश देते हैं, उसके फलस्वरूप समाज के आनेवाले नवयुवकों के पथप्रदर्शक एवं योग के प्रति प्रबलरुचि का प्रवर्तन होता है। उनके इस उपदेश का यह भी प्रभाव हो सकता है कि कोई नवागन्तुक अभ्यास कर स्वयं परम सिद्ध योगत्व को प्राप्त कर ले। दूसरे शब्दों में इसे हम यों भी कह सकते हैं कि योग क्या है? इसकी क्या परिभाषा है? इसे प्राप्त करने के क्या साधन हैं? तथा प्राप्त होने पर अपने में कौन से विशेष गुण या लक्षण होंगे? इसका परिज्ञान मात्र ही प्रथम " Tokrowh " जानने की स्थिति का बोधक है।

पुनर्वसु आत्रेय के अनुसार आत्मा, इन्द्रिय, मन एवं विषय या अर्थों के सन्निकर्ष से सुख तथा दुख होता है। परन्तु जब आत्मा में मन स्थिर हो जाता है तब किसी कार्य के होने न होने से सुख दुख ये दोनों निवृत्त हो जाते हैं तब शरीर के साथ आत्मा वशी हो जाती है। इस स्थिति को जानने वाले ऋषि लोग योगी कहलाते हैं। दूसरे सरल शब्दों में चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।

द्वितीय To Do करने की स्थिति है अर्थात् योग शक्ति प्राप्त करने हेतु शास्त्र में जिन साधनों का वर्णन किया गया है, उन सभी साधनों का व्यावहारिक रूप में सतत अभ्यास करना। अपने मन में योग शक्ति प्राप्तिहेतु प्रबल इच्छा शक्ति का इस प्रकार का प्रादुर्भाव होना कि मैं इसे प्राप्त किये बिना जीवित रह ही नहीं सकता हूँ। (I con not live without her) ऐसी व्यग्रता की स्थिति अपने में आ जाने पर योग प्राप्ति हेतु गुरु की खोज, गुरु उपदेश तथा शास्त्र सम्मत सम्पूर्ण नियमों का व्यावहारिक रूप में सतत अभ्यास करते रहना आवश्यक है।

पुनर्वसु आत्रेय द्वारा योग प्राप्ति हेतु अभ्यास करने के कुछ विशेष नियमों का वर्णन किया गया है। रज तथा तम का अभाव हो जाने पर, शुद्ध सत्व की प्राप्ति हो जाने पर बलवान् कर्मों का क्षय हो जाता है। उस स्थिति में कर्म का संयोग अर्थात् कर्मजन्य बन्धनों का वियोग हो जाता है। ऐसी स्थिति को मोक्ष कहते हैं। अतः रजस् एवं तमस् का अभाव हो जाना ही योग है। इस प्रकार मोक्ष प्राप्ति हेतु निम्नलिखित कार्यों का सतत अभ्यास करना चाहिये। यह संसार दुखमय है। ऐसी इच्छा रखने वाले पुरुष को सर्वप्रथम आचार्य (गुरु) के पास जाना चाहिए और गुरु जो उपदेश करे उस मार्ग का विधिवत् उसी रूप में पालन करे।

सज्जनों की भली प्रकार सेवा करे, दुष्ट पुरुषों के साथ का परित्याग करे, चान्द्रायण व्रतों को करे, आत्मशुद्धि हेतु उपवास करे, शास्त्र वर्णित विभिन्न नियमों एवं व्रतों का पालन करे, धर्मशास्त्र का अध्ययन करे, विज्ञान अर्थात् प्रमाणों के द्वारा प्रमा का ज्ञान करे, काम क्रोधादि का परित्याग करने का अभ्यास करे, मोक्ष कर्मों में प्रवृत्ति रखे, उत्तम धर्म का पालन करे, धर्म एवं अधर्म के साधनभूत कर्मों का प्रारम्भ करे, पूर्व जन्म या इस जन्म में किये हुए कर्मों का क्षय होना, घर से या आश्रय से दूर होकर कर्मफल भोगने के लिए कर्म न करे, अहंकार न करे, आत्मा और शरीर के संयोग होने पर अपने को भयभीत बनाना अर्थात् उसे चारों तरफ से भय ही भय दिखाई देना, मन और बुद्धि को समाधिस्थ करे, इसके अतिरिक्त भी पुनर्वसु आत्रेय द्वारा कुछ और भी मोक्ष प्राप्ति हेतु साधन बताये गये हैं जिनका संग्रह चरक संहिता में प्राप्त है। इस प्रकार से शास्त्र या गुरु द्वारा बताये गये योग प्राप्ति हेतु साधनों का सतत अभ्यास करने का प्रयास करना ही To Do करने की स्थिति है।

तृतीयावस्था "To Be" वैसा ही हो जाने की स्थिति है—उपर्युक्त बताये हुए साधनों का सतत अभ्यास करते-करते वैसा ही हो जाना। अर्थात् परम सिद्ध योगी पुरुष के शास्त्र में बताये गये सभी लक्षणों का व्यवहारतः अपने में प्राप्त हो जाना। वैसा ही होने की स्थिति का वर्णन पुनर्वसु आत्रेय द्वारा इस प्रकार से किया गया है कि जब योग की सिद्धि हो जाती है तो इन लक्षणों द्वारा उसको जाना जा सकता है। आवेश—दूसरे के शरीर में प्रवेश कर जाने की शक्ति प्राप्त हो जाना, चेतसोज्ञानम्—दूसरे के मन की बात जानने की शक्ति प्राप्त होना, अर्थानां छन्दतः क्रिया—शब्द, स्पर्श, रूप रस गन्ध अर्थों का अपनी इच्छा से प्रवृत्त करना। इसको इस प्रकार से भी कह सकते हैं कि जिस विषय का ज्ञान चाहें उसका ज्ञान अपने मनोनुकूल शीघ्र ही प्राप्त हो जाना। दृष्टि–अतीन्द्रिय वस्तु भी दिखाई दे। श्रोत्र–कर्णेन्द्रिय—अपनी इच्छानुसार प्रिय अप्रिय शब्दों को दूर एवं नजदीक से सुनने लगे। स्मरण शक्ति ठीक रहे, अतः सभी भावों के तत्वों को समझने लगे। शरीर में देवताओं की तरह कान्ति प्राप्ति हो जाय। इच्छानुसार अपने को प्रकट एवं अप्रकट कर सके। इस प्रकार यह आठ प्रकार का योगियों का योग सिद्ध करने पर ईश्वर से प्राप्त होता है। इस तरह का योग शुद्ध सत्त्व अर्थात् रज एवं तम से रहित मन का आत्मा के साथ सम्बन्ध होता है, तभी यह सब संभव होता है।

पुनः दूसरे शब्दों में यह कहा जाता है कि अपनी तपस्या के बल से जो रजस् एवं तमस् से मुक्त हो गये हैं, जिनको सदा भूत भविष्यत् एवं वर्तमान तीनों कालों का ज्ञान निर्बाध रूप से प्राप्त होता रहता है और जिनकी शक्ति कभी भी नहीं रुकती है, ऐसे व्यक्तियों को आप्त शिष्ट तथा विबुद्ध कहा जाता है। ये आप्त पुरुष परम सिद्ध योगी ही हैं।

अन्त में यह प्रश्न उठाया जा सकता है कि मैं तीनों में किस स्थिति में हूँ तो यह स्पष्ट है कि मुझमें योग जानने की अभिलाषा होने के कारण प्रथम स्थिति To Know जानने की स्थिति की ही प्रारम्भ मात्र जानकारी है।

समाधिस्थ शिव

[कविकुल गुरु कालिदास] अनुवादक [डॉ० कमलेशदत्त त्रिपाठी]

(१)

पर्यङ्कवन्धस्थिरपूर्वकाय-
मृज्वायतं संनमितोभयांसम्
उत्तानपणिद्वयसंनिवेशा-
त्प्रफुल्लराजीवमिवाङ्कमध्ये

(१)

पूर्वकाय वीरासन-निश्चल
ऋजु, आयत, संनमित-अंसद्वय,
खिले कमल से दोनों करतल अंक मध्य में

(२)

भुजंगमोन्नद्धजटाकलापं
कर्णावसक्तद्विगुणाक्षसूत्रम्
कण्ठप्रभासंगविशेषनीलां
कृष्णत्वचं ग्रन्थिमतीं दधानम्

(२)

जटाजूट ऊँचा भुजंग से बँधा,
अक्षमाल दुहरे दोनों कर्णों में,
बद्धकृष्ण मृगचर्म—
कण्ठ की नील प्रभा से
अनुरंजित हो, दिखा कृष्णतर

(३)

किञ्चित्प्रकाशस्तिमितोग्रतारै-
र्भ्रूविक्रियायां विरतप्रसंगैः
र्नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालै-
र्लक्ष्यीकृतघ्राणमधो मयूखैः

(३)

कुछ कुछ दिखते,
शान्त, उग्र तारक लोचन के,
नासिकाग्र पर टिके नेत्र
नीचे को किरण छोड़ते,
भ्रू विकार भी विरत हो रहा,
नहीं कहीं कोई संस्पन्दन पक्ष्मपंक्ति में !

(४)

अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बुवाह-
मपामिवाधारमनुत्तरंगम्
अन्तश्चराणां मरुतां निरोधा-
न्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम्

(४)

निस्तरंग गम्भीर सरोवर,
घिरे, किन्तु वर्षण से रहित मेघ से,
अन्तश्चारी प्राणों के निरोध से जैसे
स्थित निवात में निश्चल दीपक !

(५)

कपालनेत्रान्तरलब्धमार्गै-
र्ज्योतिः प्ररोहैरुदितैः शिरस्तः
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्यां
बालस्य लक्ष्मीं ग्लपयन्तमिन्दोः

(५)

भाल नेत्र से निकले,
उठते ब्रह्मरन्ध्र से,
ये प्रकाश के अंकुर सचमुच मलिन कर रहे—
बालचन्द्र की मृदुल प्रभा को,
[illegible] शोभित जो मृणाल को लज्जित करती

(६)

मनोनवद्वारनिषिद्धवृत्ति

हृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम्

यमक्षरं क्षेत्रविदोविदुस्त-

मात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम्

(६)

सन्निरुद्ध संचार नवों द्वारों से जिसका,
जो समाधि से वश्य-वशंगत,
उस मन को हृदयाधिदेश में
संस्थापित कर,
क्षेत्रज्ञानी जन अविनाशी जिसको कहते,
उस आत्मा को अपने में अवलोकन करते।

(७)

स्मरस्तथाभूतमयुग्मनेत्रं

पश्यन्नदूरान्मनसाप्यधृष्यम्

नालक्षयत्साध्वससन्नहस्तः

स्रस्तं शरं चापमपि स्वहस्तात्

(७)

ऐसे शिव—अयुग्म लोचन को
स्मर ने देखा,
जिनका धर्षण
मनः कल्पना से भी बाहर,
कांपे कर मन्मथ के,
भय से जान न पाया
कब छूटे कर से बाण,
और दुर्जय धनु !

धर्म ध्वजा फहराता चला चल

[श्री चन्द्रशेखर मिश्र]

(१)

कोटि चलें शत कोटि चलें गति को गतिमान बनाता चलाचल
शंकर की छवि मद्धिम हो तो नया दिनमान उगाता चलाचल
वेद के चारण ! भाषित वेद स्वरूप, स्वरूप दिखाता चलाचल
थापित धर्म तुम्हीं से धरा पर, धर्म ध्वजा फहराता चलाचल।

(२)

दीपित तेज प्रताप निहार के अलमष कल्मष भाग रहा है।
धर्म धुरी को संभाले रहे, धरमातमा का यही भाग रहा है'।
देख तुम्हें कहते सब लोग हैं 'भारत भूमिका भाग रहा है।
संस्कृति का पहरू करपात्री सदा सब मोड़ में जाग रहा है।

अग्निपुराण में प्रतिपादित यम एवं नियम

[कु० सरिता हांडा]

योग की परिभाषा—

अग्निपुराण ने अष्टाङ्ग योग का विशद वर्णन पांच अध्यायों (३७२ से ३७६ तक) में किया है। यह अष्टाङ्ग योग संसार के (त्रिविध) तापों से मुक्त कराने का एक साधन है। ब्रह्म को प्रकाशित करने वाला यह ज्ञान भी 'योग' से ही सुलभ है। चित्त की एकाग्रता को योग कहते हैं। दूसरे शब्दों में योग चित्त की वृत्ति का निरोध है। जीवात्मा एवं परम (ब्रह्म) आत्मा में अन्तः करण की वृत्तियों का स्थापन 'उत्तम योग' है। अग्निपुराण की योग विषयिणी द्वितीय परिभाषा पतञ्जलि के योगसूत्र की अविकल अनुकृति है।

अष्टांग योग का परिगणन—योगसूत्र के समान ही अग्निपुराण ने यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा एवं समाधि इस प्रकार योग के आठ अंगों का नाम लिया है।

१—यम

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह ये पाँच यम हैं। इस प्रसंग में यह सर्वथा ध्यातव्य है कि अग्नि पुराण के समान योग में यम के पाँचों घटकों का परिसंख्यान तो है पर प्रत्येक की व्याख्या योग सूत्र में नहीं है। अग्नि पुराण-कार ने इन पाँचों का अतिविस्तार से प्रतिपादन किया है। उनके अनुसार यह भोग एवं मोक्ष का सतत प्रदाता है। अहिंसा आदि इन पाँचों का निरूपण इस प्रकार है—

(क) अहिंसा—किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुँचाना अहिंसा है। योग सूत्र के व्यासभाष्य में अहिंसा की परि-भाषा बतलाई गई है। उनके अनुसार सब प्रकार से सर्वदा समस्त प्राणियों के प्रति चित्त में द्रोह न करना अहिंसा है। अग्निपुराण के अनुसार अहिंसा उत्तम धर्म है। इसके महत्त्व का प्रतिपादन एक उदाहरण के द्वारा प्रदर्शित किया गया है। जिस प्रकार पथ पर चलने वाले प्राणियों के पद चिन्ह हाथी के पदचिन्हों में समाविष्ट हो जाते हैं, उसी प्रकार धर्म के सभी साधन अहिंसा में गतार्थ माने जाते हैं। अहिंसा को सम्यक् समझने के लिए हिंसा का ज्ञान करना अत्यावश्यक है। यही कारण है कि अग्निपुराणकार ने हिंसा के दस भेद किये हैं और वे हैं—किसी को उद्वेग में डालना, किसी को संताप देना, रोगी बनाना, शरीर से रक्त निकालना, चुगली खाना, किसी के हित में अत्यन्त बाधा डालना, किसी के मर्म का उद्घाटन कर देना, किसी को सुख से वंचित कर देना, अकारण किसी को रोक रखना, तथा किसी का वध कर देना।

(ख) सत्य—प्राणियों के लिए अत्यन्त हितकारी वाणी का प्रयोग करना ही सत्य का लक्षण है। व्यासभाष्य के अनुसार अर्थानुकूल वाणी एवं मन का व्यवहार होना ही सत्य है, इतना ही नहीं उन्होंने इसकी परिधि में अनेक तथ्यों का समावेश कर लिया है। हितकर वाणी के प्रयोग का महत्त्व उन्होंने स्वीकार किया है—

(ग) ब्रह्मचर्य—अग्निपुराण ने मैथुन के परित्याग को ब्रह्मचर्य कहा है। व्यासभाष्य के अनुसार गुप्त इन्द्रिय उपस्थ का संयम करना ब्रह्मचर्य है। अग्निपुराण ने मैथुन को आठ विभागों में विभक्त कर दिया है और वे इस प्रकार हैं—स्त्री का स्मरण, उसकी चर्चा, उसके साथ क्रीड़ा करना, उसकी ओर देखना, उससे लुक-छिप कर बातें करना, उसे पाने का संकल्प, उसके लिए उद्योग तथा क्रिया निर्वृत्ति (स्त्री से साक्षात् समागम)। यही ब्रह्मचर्य समस्त शुभ कर्मों की सिद्धि का मूल है और इसके अभाव में समस्त क्रियाएँ निष्फल हो जाती हैं। जहाँ तक स्त्री से मोहित होने का प्रश्न है उस विषय में अग्नि पुराण ने वशिष्ठ, चन्द्रमा, शुक्र, बृहस्पति और ब्रह्मा जैसे तपोवृद्ध एवं वयोवृद्ध व्यक्तियों के स्त्रियों के मोहपाश में निबद्ध हो जाने के उदाहरण को प्रस्तुत किया है। स्त्रियों की मादकता की तुलना उन्होंने सुरा से की है और इसी प्रसंग में गौड़ी, पैष्टी और माध्वी इस

प्रकार त्रिविध सुरा के अतिरिक्त एक चौथी सुरास्त्री को माना है जिससे यह समस्त संसार मोहित है। मदिरा एवं स्त्री के मद का पार्थक्य प्रदर्शित करते हुए उन्होंने यह पर्यवेक्षण किया है कि जहाँ मदिरा के पान करने पर मनुष्य मतवाला हो जाता है वहाँ केवल मात्र स्त्री को देखते ही उन्मत्त हो जाता है। नारी देखने मात्र से ही, मन में उन्माद उत्पन्न करती है इसलिए उसका अवलोकन नहीं करना चाहिये।

अग्नि पुराणकार ने क्रम से प्राप्त अस्तेय का उल्लेख न कर ब्रह्मचर्य का उससे पूर्व सहेतुक उल्लेख किया है। यतः इस प्रकरण में विवेच्य सामग्री अधिक थी अतएव उसका प्रथम निर्देश करना आवश्यक समझा गया।

(घ) अस्तेय—अग्निपुराणकार ने अस्तेय की परिभाषा का कहीं भी निर्देश नहीं किया है। इस विषय में व्यासभाष्य ने अवश्य प्रकाश डाला है। उनके अनुसार शास्त्र-आज्ञा के विरुद्ध दूसरों से धनादि द्रव्यों का स्वीकार करना 'स्तेय' है। इतना ही नहीं किसी वस्तु के प्रति स्पृहा को व्यक्त करना भी 'स्तेय' है। स्तेय से विपरीत ही अस्तेय है, जिसका सामान्य अर्थ है चोरी न करना।

स्तेय करने के परिणामों पर भी अग्नि पुराण ने प्रकाश डाला है। उनका कथन है कि यदि मनुष्य बलपूर्वक किसी भी वस्तु का अपरहण करता है तो उसे तिर्यग्योनि में जन्म लेना पड़ता है, यही स्थिति उसकी भी होती है जो हनन किये बिना ही (बलिवैश्व देव के द्वारा आदि का भाग अर्पण किये बिना ही) हविष्य (भोज्य पदार्थ) का भोजन कर लेता है।

(ङ) अपरिग्रह—अस्तेय के समान ही अग्निपुराण ने अपरिग्रह की भी परिभाषा नहीं की है। व्यासभाष्य के अनुसार विषयों का प्राप्त करना, पुनः उनकी रक्षा करने की चिन्ता, तदनन्तर उनके नाश से चित्त में क्षोभ, पुनः उनका संग और अन्ततोगत्वा हिंसा के विचार से उनका स्वीकार न करना अपरिग्रह है। भोज ने भोग के साधनों के स्वीकार न करने को अपरिग्रह कहा है। इसी अपरिग्रह के विषय में उदाहरण देते हुए अग्निपुराणकार ने अपने साथ सीमित वस्तुओं के रखने की इयत्ता को प्रदर्शित किया है उनके अनुसार कौपीन, शरीर ढँकने वाला वस्त्र, शीत निवारण करने वाली कथरी (कन्थाव) और चरणपादुका ही संग्रहणीय होती है। इन उपर्युक्त वस्तुओं के अतिरिक्त किसी अन्य सामग्री का संग्रह नहीं करना चाहिए। केवल शरीर की रक्षा के साधन भूत वस्त्र आदि का संग्रह किया जा सकता है। वस्तुतः धर्म के अनुष्ठान में व्यापृत शरीर की यत्न पूर्वक रक्षा करनी चाहिए।

२—नियम

अग्निपुराण ने यम के साथ ही नियम की भी चर्चा एक ही अध्याय में कर दी है। जिस प्रकार यम को भोग एवं मोक्ष का सद्यः प्रदाता कहा गया था उसी प्रकार यह नियम भी है। शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय एवं ईश्वरप्रणिधान ये पांच नियम हैं। यम के समान नियम के पाँचों घटकों का परिसंख्यान तो योगसूत्र में है, पर उनकी व्याख्या न तो योगसूत्र में है और नहीं अग्निपुराण में। इसकी विषय-सामग्री उपर्युक्त पुराण में योग सूत्र की अपेक्षा कहीं अधिक है। शौचादि इन पाँचों नियमों का निरूपण क्रमशः इस प्रकार है—

(क) शौच—शौच शब्द का सामान्य अर्थ शुद्धि है। यह बाह्य और आभ्यन्तर भेद से दो प्रकार का है। इनमें से मृत्तिका और जल से होने वाली शुद्धि बाह्य तथा भावों से होने वाली शुद्धि को आभ्यन्तर शुद्धि कहा जाता है। दोनों ही प्रकार से जो शुद्ध है वही शुद्ध कहलाता है। इनमें से किसी एक की भी न्यूनता होने पर शुद्धि नहीं मानी जा सकती है। व्यास और भोज ने अग्निपुराण के समान ही शौच का इन्हीं दो भेदों के अन्तर्गत प्रतिपादन किया है।

(ख) संतोष—प्रारब्ध के अनुसार जैसे-तैसे जो कुछ भी प्राप्त हो जाये उसी में हर्ष मानना संतोष है, इसी का दूसरा नाम तुष्टि भी है। व्यास के अनुसार समीपस्थ साधनों के होते हुए भी अधिक प्राप्ति की इच्छा न करना संतोष है। भोज अग्निपुराण के समान ही संतोष पद से तुष्टि का ग्रहण करते हैं।

(ग) तप—मन और इन्द्रियों की एकाग्रता को अग्निपुराण ने तप कहा है। और इन्हीं पर विजय पाना सब धर्मों से श्रेष्ठ धर्म माना जाता है। व्यास के अनुसार शीत, उष्ण, क्षुधा, तृषा जैसे द्वन्द्वों का सहन करना ही तप है।

यह तप वाचिक मानस एवं शारीरिक भेद से तीन प्रकार का है। इनमें से मन्त्र, जप, आदि वाचिक, राग या आसक्ति का त्याग मानसिक तथा देव पूजन आदि शारीरिक

तप कहलाते हैं। ये त्रिविध तप सब कुछ प्रदान करने वाले कहे गये हैं।

(घ) **स्वाध्याय**—अग्नि पुराण ने स्वाध्याय पद की व्याख्या प्रस्तुत नहीं की है, किन्तु उसका निरूपण अति सूक्ष्मता से किया है। व्यास भाष्य के अनुसार मोक्ष विषयक शास्त्रों का अध्ययन करना या ओंकार (प्रणव) का जप करना स्वाध्याय है। यतः वेद प्रणव से आरम्भ होते हैं अतः प्रणव में सम्पूर्ण वेदों की स्थिति मानी जाती है। वाणी का जितना भी विषय है वह सब प्रणव ही है, अतएव प्रणव का अभ्यास विहित है।

(ङ) ईश्वर प्रणिधान—स्वाध्याय के समान ही अग्निपुराण ने ईश्वर-प्रणिधान की कोई परिभाषा नही की है, पर उसका विशद विवेचन किया है। व्यास के अनुसार उस परम गुरु परमात्मा में सभी कर्मों का अर्पण करना 'ईश्वर प्रणिधान' है। प्रणव की विशद व्याख्या करते हुए पुनः अग्निपुराण कहता है कि अकार, उकार तथा अर्ध मात्रा युक्त मकार ही ओम् या प्रणव है। तीन मात्राएँ, तीनों वेद, भूः आदि लोक, तीन गुण, जागृत् स्वप्न एवं सुषुप्ति ये तीन अवस्थाएँ तथा ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश ये सभी प्रणव रूप हैं। इसी प्रणव के अन्तर्गत प्रद्युम्न, श्री और वासुदेव भी आते हैं। दूसरे शब्दों में इन्हें ओंकार कहा जाता है। यह ओंकार मात्रा से रहित या द्वैत की निवृत्ति कराने वाला तथा शिव स्वरूप है। वस्तुतः मुनि उसी को कहना चाहिए जिसने ओंकार को सम्यक् रीति से समझ लिया है। इसी प्रणव की चतुर्थ मात्रा (अर्ध मात्रा) के नाम से भी प्रसिद्ध गान्धारी कहलाती है जो प्रयुक्त होने पर मूर्धा 'म' लक्षित होती है। वस्तुतः यही तुरीय नाम से प्रसिद्ध परम ब्रह्म है। यह एक ज्योतिर्मय है। यह घट-स्थित दीपक के समान मूर्धा में स्थित होकर अपनी ज्ञानमयी ज्योति प्रदीप्त किये रहता है। मनुष्य को चाहिए कि हृद्कमल में स्थित ब्रह्म का ध्यान करे और उसका नित्य जप करता रहे। कठोपनिषद् के निम्न मन्त्र को उद्धृत करते हुए अग्नि पुराण ने प्रणव की सार्थकता का उत्तम उदाहरण देते हुए कहा है—प्रणव धनुष, जीवात्मा बाण तथा ब्रह्म उसका लक्ष्य है, अतएव साधक को चाहिए कि सावधान होकर उस लक्ष्य का वेधन करे तथा बाण के समान उसमें तन्मय हो जाये। एकाक्षर प्रणव ही ब्रह्म है और यही एक मात्र परम तत्व है। इसी एकाक्षर ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त कर जो व्यक्ति किसी अन्य वस्तु की इच्छा करता है उसको वह वस्तु उपलब्ध हो जाती है। इस प्रणव का देवी गायत्री छन्द है। अन्तर्यामी ऋषि है। परमात्मा देवता है तथा भोग और मोक्ष की सिद्धि के लिए इनका विनियोग किया जाता है।

प्रणव जप के महत्त्व को और भी विशद करते हुए अग्निपुराण ने यह भी कहा है कि प्रतिदिन १२ हजार प्रणव के जप से १२ मास में परम ब्रह्म का ज्ञान, एक करोड़ जप करने से अणिमा आदि सिद्धियों की प्राप्ति तथा एक लाख जप से सरस्वती आदि की कृपा प्राप्त हो जाती है।

पूजा का एक माध्यम यज्ञ (मख) भी है और यह वैदिक, तान्त्रिक और मिश्र भेद से तीन प्रकार का माना गया है। इन तीनों में से जो अभीष्ट हो उसी एक विधि का आश्रय लेकर श्री हरि का अर्चन करना चाहिये।

यज्ञ से भी अधिक महत्त्वपूर्ण भक्ति नमस्कार के द्वारा अग्निपुराण ने मानी है और उसके अनुसार जो मनुष्य दण्ड की भाँति पृथ्वी पर लेट कर भगवान् को साष्टाङ्ग प्रणाम करता है उसको उत्तम गति प्राप्त होती है जो कि सैकड़ों यज्ञ द्वारा दुर्लभ है। इसी की पुष्टि करते हुए अग्निपुराण ने कहा है कि जिसकी अराध्य देव में पराभक्ति है और उसकी भक्ति देवतावत् गुरु में भी है ऐसे महात्माओं को इन कहे गये विषयों का यथार्थ ज्ञान होता है।

अग्निपुराण ईश्वर प्रणिधान के विषय में सर्वाधिक सामग्री प्रस्तुत करता है और इस प्रसंग में वह निर्गुण योग से सगुण योग में प्रविष्ट हुआ प्रतीत होता है।

योग का व्यावहारिक पक्ष

[श्री रामनिवास तिवारी]

योग आज का बहुचर्चित विषय है। भारतीयों द्वारा प्रणीत दर्शन की प्रक्रिया अमेरिका तथा यूरोप आदि के सुदूर देशों में ले जाई गयी है। अनेक देशों में योग-साधना तथा योगाभ्यास के केन्द्र खोले गये हैं। इनमें अनेक उत्सुक लोग योग की शिक्षा प्राप्त करते हैं। भारत में भी ऐसे अनेक केन्द्र हैं। महर्षि पतंजलि की यौगिक प्रक्रिया चित्त की वृत्तियों के निरोध करने का साधन मात्र थी जिसके द्वारा मनुष्य सांसारिक बन्धनों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सके किन्तु भौतिकवादी पाश्चात्य विचारकों के सम्पर्क में आकर यह प्रक्रिया रोग-निवारण तथा शारीरिक गठन के लिए मात्र एक व्यवसाय बनकर रह गई है।

भारतीय दर्शन का अभिप्राय केवल ईश्वर-विचार सम्बन्धी चिन्तन ही नहीं है बल्कि आत्मसाक्षात्कार तथा जीवात्मा-परमात्मा के ऐक्य की अनुभूति भी है। इसके सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक दोनों ही पक्ष हैं। सांख्य, मीमांसा न्याय तथा वेदान्त आदि दार्शनिक परम्पराएँ भारतीय दर्शन के विभिन्न सैद्धान्तिक पक्षों का विशद निरूपण करती हैं किन्तु इतने मात्र से ही भारतीय दर्शन का लक्ष्य पूरा नहीं होता क्योंकि मनुष्य के समक्ष 'यह लक्ष्य कैसे प्राप्त किया जाय ?' यह प्रश्न जैसे का तैसे बना ही रहता है। अतः साधक को मन की वृत्तियों के नियंत्रण के लिए तथा 'अहम् ब्रह्मास्मि' के उद्‌बोधन के लिए महर्षि पतंजलि ने एक योग रूपी व्यावहारिक या प्रायोगिक पक्ष प्रस्तुत किया जिससे दर्शन का वास्तविक लक्ष्य पूर्ण हो सके।

श्री व्यासदेव बोले ॥ ६ ॥

जैसे दिन और रात, प्रकाश और अन्धकार, ज्ञान और अज्ञान-आदि से यह संसार निरन्तर द्वन्द्वात्मक है वैसेही स्थूलसूक्ष्मात्मक और अनुभव करनेवालोंके द्वारा अनुभूत यह ब्रह्माण्ड सदा सुख-दुःखादिसे सम्यक् परिव्याप्त है ॥ ७-८ ॥ इस संसारका स्वरूप द्वन्द्वमय होनेके कारण सृष्टिकी समताको सब ओर और सब तरहसे रक्षा करनेके लिये देवता और असुर अति यत्नसे दैवजगत्में अपने अपने प्रभुत्वको चाहते हैं इसी कारण सूक्ष्म जगत्में देवता

देवराज्ये यदा देवाः प्राधान्यं यान्ति सर्व्वथा ।
धर्म्मपूर्णत्वतः सृष्टेः सामञ्जस्यं तदाऽनघं ॥ ११ ॥

कालप्रभावाज्जीवानां प्रारब्धाच्च समष्टितः ।
शैथिल्यं देवसाम्राज्यं यदा प्राप्नोति सर्व्वथा ॥ १२ ॥

प्राधान्यमसुराणान्तु वृद्धिमेति तदा ध्रुवम् ।
देवक्रियासु वैषम्यात्सृष्टौ नाना विपर्य्ययः ॥ १३ ॥

क्षीणे तपसि देवानामसुरा यान्ति मुख्यताम् ।
तेषां तपःक्षये देवा लभन्ते प्रभुतां पुनः ॥ १४ ॥

आधिदैवे सदा राज्य इत्थं यान्ति सुरासुराः ।
प्रभुत्वं नित्यसंग्रामरहस्यं हि तयोरिदम् ॥ १५ ॥

सुराणामसुराणाञ्च सर्व्वदैवेत्थमुत्कटः ।
ब्रह्माण्डेऽपि च पिण्डेऽपि संग्रामो जायते महान् ॥ १६ ॥

और असुरोंका सर्वदा विरोध रहता है ॥ ९-१० ॥ दैवराज्यमें जब देवताओंका सर्वथा प्राधान्य होजाता है तब धर्मकी पूर्णता होजानेसे सृष्टिमें निर्दोष सामञ्जस्य होता है ॥ ११ ॥ कालके प्रभावसे अथवा जीवोंके समष्टि प्रारब्धके कारण देवताओंका आधिपत्य जब पूर्णतः शिथिल होजाता है तब असुरोंका प्राधान्य बढजाता है यह निश्चित है और दैवक्रियामें वैषम्य होजानेसे सृष्टिमें नाना विपर्य्यय होते हैं ॥ १२-१३ ॥ देवताओंके तपका क्षय होजानेपर असुर मुख्यताको प्राप्त होते हैं और असुरोंके तपका क्षय होजानेपर देवता पुनः प्रभुताको प्राप्त होजाते हैं ॥ १४ ॥ सदा ही इस प्रकार अधिदैवराज्यमें देवता और असुर समय समय पर प्रभुताको प्राप्त होते रहते हैं यही देवता और असुरोंके परस्परके नित्य संग्रामका रहस्य है ॥ १५ ॥ सर्वदाही देवता और असुरोंका इस प्रकार ब्रह्माण्डमें भी और पिण्डमें भी उत्कट महान् संग्राम

बहून्येव निमित्तानि समाश्रित्य प्रवर्त्तते ।
सुरासुरेषु संग्रामो नैमित्तिक इहाऽमितः ॥ १७ ॥
पुरा यदा सुराः सर्व्वे भोगवृद्ध्या तपःक्षयम् ।
कुर्वन्तो बहुधा ह्यासन् भीतभीताः प्रमादिनः ॥ १८ ॥
प्राप्याऽवसरमुत्कृष्टमसुरा बलशालिनः ।
राज्यविस्तृतये तीव्रं यतमानाः सदाऽभवन् ॥ १९ ॥
सिद्धानां दैवराज्यानामंशास्तु बहवोऽभवन् ।
क्रमशोऽधिकृताः सम्यगसुरैर्बलशालिभिः ॥ २० ॥
नारदस्यैव देवर्षेस्तदा सदुपदेशतः ।
भयदुःखे निराकृत्य चक्रुस्तीव्रं तपः सुराः ॥ २१ ॥
प्रसन्नस्तपसा तेषां तत्त्वातीतः परात्परः ।
चिन्मयस्सन् महाविष्णुराविरासीत्पुरः स्वतः ॥ २२ ॥
चिन्मयोऽपि बभौ ज्योतिर्जितकोटिरविप्रभः ।

होता है ॥ १६ ॥ और बहुतसे निमित्त कारणों का आश्रय लेकर इस संसार में देवता और असुरोंका असाधारण नैमित्तिक संग्राम भी प्रवृत्त होता है ॥ १७ ॥ पूर्वकालमें जबही देवता भोगके द्वारा तपःक्षय करते हुए अनेक प्रकारसे अत्यन्त भयभीत और प्रमादी हो गये तब अपनेलिये इस उत्तम अवसरको प्राप्त होकर बलशाली असुर सदा राज्यविस्तारकेलिये तीव्र यत्न करने लगे ॥ १८–१९ ॥ और बलशाली असुरोंने देवताओंकी स्वाभाविक वासभूमि स्वर्गराज्यके बहुतसे अंश सम्यक् प्रकारसे क्रमशः अधिकारमें करलिये ॥ २० ॥ उस समय देवर्षि नारदके सदुपदेश देनेपर भय और दुःखका परित्याग करके देवताओंने तीव्र तपस्या की ॥ २१ ॥ उनकी तपस्यासे प्रसन्न होकर तत्त्वातीत परात्पर श्री महाविष्णु भगवान् स्वयं चिन्मयरूप से उनके सम्मुख आविर्भूत हुए ॥ २२ ॥ वे यद्यपि चिन्मय हैं

तेनाऽऽहतानि नेत्राणि तेषां सङ्कोचमाप्नुवन् ॥ २३ ॥
तज्ज्योतिः सूक्ष्मतां भेजे द्रुतमत्यन्तमद्भुतम् ।
चिद्व्याप्तं देवहृद्व्योम स्वत आकृष्टतां गतम् ॥ २४ ॥
बाह्यबोधैस्तदा देवाः शून्या आनन्दसागरे ।
सुखं निमज्जनं प्राप्ता मूर्च्छिता इव चाऽभवन् ॥ २५ ॥
तदा सुराणां मुग्धानां विद्यारूपा शुभप्रदा ॥
विष्णुप्रिया महामाया हृद्याविर्भावमाप ह ॥ २६ ॥
निवृत्तायामविद्यायां मूर्च्छायां तत्समागमात् ।
देवैरधिगता सर्व्वैः सम्पूर्णा प्रकृतिस्थता ॥ २७ ॥
ततः स्वच्छहृदो देवा ददृशुः सम्मुखस्थितम् ।
कमप्यदृष्टपूर्वं हि पुरुषं परमाद्भुतम् ॥ २८ ॥
सर्व्वसौन्दर्य्यशोभाढ्यं शान्तज्योतिःसमुज्ज्वलम् ।
विस्मयानन्दसन्दोहप्रदं दृष्टिमनोहरम् ॥ २९ ॥

परन्तु करोड़ों सूर्यों की प्रभाको जीतने वाली ज्योतिसे शोभायमान होनेलगे और उस ज्योतिसे देवताओंके नेत्र अभिभूत होकर सङ्कुचित होगये ॥ २३ ॥ और वह अत्यन्त अद्भुत ज्योति तत्काल सूक्ष्मत्वको प्राप्त हुई और चिन्मयत्वसे व्याप्त देवताओंके हृदयाकाशका स्वतः आकर्षण हुआ ॥ २४ ॥ उस समय देवता बहिर्ज्ञानशून्य होकर आनन्दसागरमें सुखपूर्वक डूबगये और मूर्च्छितोंके समान हो गये ॥ २५ ॥ तब मुग्ध देवताओंके हृदयोंमें विद्यारूपा शुभदायिनी विष्णुप्रिया महामाया आविर्भूत हुईं ॥ २६ ॥ बहिर्ज्ञानशून्य अवस्थामें विद्याके समागम द्वारा अविद्याके निवृत्त होने पर सब देवता पूर्ण प्रकृतिस्थ हुए ॥ २७ ॥ तदनन्तर स्वच्छहृदय देवताओंने सम्मुखस्थित अदृष्टपूर्व परम अद्भुत किसी पुरुषको देखा ॥ २८ ॥ वे पुरुष सर्वसौन्दर्य्यकी शोभासे पूर्ण हैं, शान्त ज्योतिसे प्रकाशमान हैं, अनेक विस्मय और अनेक आनन्दको देनेवाले और देखनेमें मनो-

शङ्खचक्रगदापद्मसुशोभितचतुर्भुजम् ।
भक्तेभ्यस्तु चतुर्वर्गं प्रेम्णा दातुमिवाऽऽगतम् ॥ ३० ॥
दिव्यश्यामाकृतिं कान्तं कौस्तुभेन विभूषितम् ।
अनन्तरूपेऽनन्ताख्ये पर्य्यङ्के शायिनं विभुम् ॥ ३१ ॥
कोटिसूर्य्यग्रहज्योतिःसेवितोज्ज्वलविग्रहम् ।
वनमालालसद्गात्रं बिभ्रत्केयूरकुण्डलम् ॥ ३२ ॥
नखात्मकनिरङ्केन्दुकौमुदीद्योतितं श्रिया ।
सेवितं पुण्डरीकाक्षं स्मितशोभिमुखाम्बुजम् ॥ ३३ ॥
स्थानं निःशेषशोभानां सौन्दर्य्यनिकराकरम् ।
भगवन्तं रमानाथं प्रसन्नं पुण्यदर्शनम् ॥ ३४ ॥
दिव्यदृष्ट्याऽथ ते देवा दृष्ट्वा विस्मितचेतसः ।
अपूर्व्वदर्शनं देवमाविर्भूतं प्रतुष्टुवुः ॥ ३५ ॥

हर हैं ॥ २९ ॥ चारों हाथ जिनके शङ्ख चक्र गदा और पद्मसे सुशोभित हैं, मानों भक्तोंको प्रेमपूर्वक चतुर्वर्ग (धर्म्म अर्थ काम मोक्ष) देनेको आये हैं ॥ ३० ॥ दिव्य श्याम जिनका वर्ण है, अनन्त रूप धारी अनन्त जिनका पर्य्यङ्क है, कौस्तुभमणिसे विभूषित हैं ॥ ३१ ॥ कोटि सूर्य्य-ग्रहोंकी ज्योतिसे सेवित प्रकाशमान शरीरवाले हैं, केयूर और कुण्डलको धारण करनेवाले हैं, वनमालासे विभूषित हैं ॥ ३२ ॥ उनके नख मानों निष्कलङ्क चन्द्र हैं उनकी कौमुदीसे वे शोभायमान हैं, लक्ष्मीके द्वारा सुसेवित हैं, कमलनेत्र हैं, मन्दहास्यसे मुखकमल जिनका शोभायमान है ॥ ३३ ॥ अखिल शोभाके स्थान हैं, सब प्रकार के सौन्दर्य्य के आकर भगवान् रमानाथ प्रसन्न और पुण्य दर्शन हैं ॥ ३४ ॥ अनन्तर देवगण अपूर्व जिनका दर्शन है ऐसे आविर्भूत देवादिदेवके दिव्य दृष्टिके द्वारा दर्शन करके विस्मित चित्त होकर स्तुति करनेलगे ॥ ३५ ॥

देवा ऊचुः ॥ ३६ ॥

देवादिदेव ! हे नाथ ! विश्वेश्वर ! जगत्पते ! ।
सच्चिदानन्दरूपस्त्वमपरिच्छेदतो विभुः ॥ ३७ ॥
एक एवाऽद्वितीयोऽसि विश्वात्मा विश्वपालकः ।
अनादिश्चाऽप्यनन्तोऽसि विश्वसेव्य ! नमोऽस्तु ते ॥ ३८ ॥
त्वमेवासि प्रभो ! कार्य्यं त्वमेव कारणं सदा ।
कार्य्यकारणरूपस्त्वं सर्व्वात्मक ! नमोऽस्तु ते ॥ ३९ ॥
भवानेव जगन्नूनं जगदेव भवान् विभो ! ।
भवत्येव जगद् भाति जगद्रूप ! नमोऽस्तु ते ॥ ४० ॥
जगद्भूयो भवत्येव वर्त्तते किन्तु तत्त्वतः ।
न वर्त्तते भवाँस्तत्र विश्वाधार ! नमोऽस्तु ते ॥ ४१ ॥
तवैव प्रकृतिस्त्वत्तोऽव्यक्ताऽपि व्यक्तिमागता ।
बुद्ध्यहङ्कारतन्मात्राभूतेन्द्रियतया सदा ॥ ४२ ॥

देवगण बोले ॥ ३६ ॥

हे देवादिदेव ! हे नाथ ! हे विश्वेश्वर ! हे जगत्पते ! आप सच्चिदानन्दरूप, व्यवधानरहित, विभु अर्थात् व्यापक, अद्वितीय, एक, विश्वात्मा,विश्वपालक, अनादि और अनन्त हैं,हे विश्वसेव्य ! आपको प्रणाम है ॥ ३७-३८ ॥ हे प्रभो ! सदा आप ही कार्य्य और आप ही कारण हैं, आप कार्य्यकारणरूप हैं, हे सर्वात्मक ! आपको प्रणाम है ॥ ३९ ॥ हे विभो ! आप अवश्य ही जगत् हैं और जगत् ही आप हैं एवं आपमें ही जगत् भासमान होता है, हे जगद्रूप! आपको प्रणाम है ॥ ४० ॥ पुनः आपमें ही जगत् स्थित है परन्तु तत्त्वतः आप उसमें नहीं हैं, हे विश्वाधार ! आपको प्रणाम है ॥ ४१ ॥ आपहीकी अव्यक्ता प्रकृतिभी व्यक्ता होकर बुद्धि अहङ्कार तन्मात्रा पञ्चभूत और इन्द्रियरूपसे सदा स्थूलसूक्ष्मात्मक विश्वको सर्वथा उत्पन्नकरती है, हे प्रभो ! आप जगत्की मूल जो प्रकृति उसके भी मूल हो और स्वयं मूलशून्यहो, आप-

स्थूलसूक्ष्मात्मकं विश्वमुत्पादयति सर्व्वथा ।
मूलशून्य ! जगन्मूलमूलभूत ! नमोऽस्तु ते ॥ ४३ ॥
कोषेणाऽन्नमयेन त्वं स्थूलविश्वमयो भवन्।
जीवान् विमोहयस्येव मोहहेतो ! नमोऽस्तु ते ॥ ४४ ॥
स्थूलो वै मृत्युलोकोऽस्ति सूक्ष्मो लोकोऽस्ति वैबुधः ।
भवान् प्राणमयः कोषो भूत्वा स्थापयति स्वतः ॥ ४५ ॥
परस्परं सुसम्बन्धमनयोर्लोकयोः सतोः ।
सम्बन्धस्थापनाकर्म्मदक्षताभाक् ! नमोऽस्तु ते ॥ ४६ ॥
मनोमयेन कोषेणाऽविद्यायाः परमाद्भुतम् ।
विज्ञानमयकोषेण विद्यायाश्च निकेतनम् ॥ ४७ ॥
सृष्ट्वाऽऽनन्दमये कोषे नित्यानन्दो विराजसे ।
सृष्टिशोभादिनैपुण्यकुलगेह ! नमोऽस्तु ते ॥ ४८ ॥
वैचित्र्यं भवतोऽपूर्व्वं भवान् सन् हि भवानसन् ।
सदसद्भ्यामतीतोऽपि भवान् भाति नमोऽस्तु ते ॥ ४९ ॥

को प्रणाम है ॥ ४२–४३ ॥ अन्नमयकोषसे आप स्थूल विश्वमय होते हुए जीवों को मोहित करते हैं, हे मोहहेतो ! आपको प्रणाम है॥४४॥ स्थूल मृत्युलोक और सूक्ष्म दैवलोक इनदोनों लोकोंका परस्पर सम्बन्ध आप प्राणमयकोष होकर स्वतः स्थापन करते हैं, हे सम्बन्ध स्थापनके कर्म्ममें परम दक्ष ! आपको प्रणाम है ॥ ४५–४६ ॥ मनो-मय कोष से परम अद्भुत अविद्याके निकेतनको बना कर और विज्ञानमय कोषसे विद्याके निकेतनको बनाकर आनन्दमयकोषमें आप नित्यानन्दरूपसे विराजमान रहते हैं, आप सृष्टिकी शोभादिके नैपुण्यमें मुख्याधिष्ठाता हैं, आपको प्रणाम है ॥ ४७–४८ ॥ आपका अपूर्व्व वैचित्र्य है, आप सत् भी हैं और असत् भी हैं एवं आप सत् असत् से अतीत भी प्रतीत होते हैं, आपको प्रणाम है ॥ ४९ ॥ आपकी ही अर्द्धाङ्गिनी

तवैवार्द्धाङ्गिनी शक्तिस्तुरीया विश्वमोहिनी।
कारणस्थूलसूक्ष्मत्वमधिगत्य निरन्तरम् ॥ ५० ॥
ब्रह्माण्डं बहुधाऽनन्तं प्रसूते पाति च स्वतः।
विचित्रशक्ते ! शक्तीश ! नित्यशक्त ! नमोऽस्तु ते ॥ ५१ ॥
भवानेव महाविष्णुस्त्वत्तोऽसंख्या निरन्तरम्।
ब्रह्माणो विष्णवो रुद्रा आविर्भावं परं गताः ॥ ५२ ॥
स्वस्वब्रह्माण्डसङ्घानां सृष्टिस्थितिलयानलम्।
सम्पादयन्ति नियतं सर्व्वधातर्नमोऽस्तु ते ॥ ५३ ॥
जड़े सत्त्वेन चित्त्वेन चेतने तु द्वयोस्तयोः।
आनन्दत्वेन भासि त्वं सच्चिदानन्द ! ते नमः ॥ ५४ ॥
विष्णोः सूर्य्यस्य शक्तेश्च गणेशस्य शिवस्य च।
रूपेण सगुणं रम्यं गृहीत्वा मूर्त्तिपञ्चकम् ॥ ५५ ॥
भवानेकोऽद्वितीयः सन्नुपास्तिपदवीं हिताम्।
करोति सुगमां देव ! भक्तिहेतो ! नमोऽस्तु ते ॥ ५६ ॥

विश्वमोहिनी तुरीया शक्ति कारण सूक्ष्म और स्थूलरूपको प्राप्त होकर अनेक प्रकारसे अनन्त ब्रह्माण्डोंको निरन्तर उत्पन्न करती हैं और रक्षा करती हैं, हे विचित्रशक्ति ! हे शक्तीश ! हे नित्यशक्त ! आपको प्रणाम है ॥ ५०-५१ ॥ आप ही महाविष्णु हैं आपसे असंख्य ब्रह्मा विष्णु और रुद्र निरन्तर आविर्भावको प्राप्त होकर अपने अपने ब्रह्माण्डसंघोंके सृष्टि स्थिति और प्रलयोंको नियतरूपसे सम्पादन करते हैं, हे सर्वधातः ! आपको प्रणाम है ॥ ५२-५३ ॥ जड़में सत्सत्तारूपसे और चेतनमें चित्सत्तारूपसे और सत् चित् इन दोनोंमें आनन्दसत्तारूपसे आप भासमान होते हैं, हे सच्चिदानन्द ! आपको प्रणाम है ॥ ५४ ॥ हे देव ! विष्णु सूर्य्य शक्ति गणेश और शिवके स्वरूपसे मङ्गलकर सगुण पञ्चमूर्त्तिको ग्रहण करके आप एक और अद्वितीय होनेपर भी हितकारक उपासनाकी शैलीको सुगम करते हैं, हे भक्तिहेतो ! आपको प्रणाम है ॥ ५५-५६ ॥

सर्व्वेश्वर ! भवानेव स्वयं यज्ञेशरूपतः।
मोक्षदां कर्म्मकाण्डीयां गतिं पासि नमोऽस्तु ते ॥ ५७ ॥
त्वं चिद्भावमयो विष्णुः सद्भावात्ममयः शिवः।
तेजोभावमयः सूर्यो गणेशो ज्ञानितामयः ॥ ५८ ॥
शक्तिभावमयी देवी भूत्वाऽन्याऽन्याऽधिकारिणः।
बोधयत्यात्मबोधं सगुणोपास्तौ नमोऽस्तु ते ॥ ५९ ॥
हे सर्व्वशक्तिमन् ! शक्त ! हे सर्व्वात्मन् ! कृपानिधे !।
तवैव शक्तितो नूनं भवामश्चालिता वयम् ॥ ६० ॥
तवैव सत्तया देव ! सत्तावन्तो वयं तव।
आश्रिता अपि मूढास्त्वां विस्मरामो हि मायया ॥ ६१ ॥
त्वद्विस्मृतिमतां मोहमस्माकं हरसि प्रभो !।
विपच्छासनतो नूनमहो ते महती दया ॥ ६२ ॥
वयं शरणमापन्नाः शरणागतवत्सल !।
भयं नो मोहजं येन विनश्यति तथा कुरु ॥ ६३ ॥

हे सर्व्वेश्वर ! आप स्वयं ही यज्ञेश्वररूपसे मोक्षदायिनी कर्म्मकाण्डीय गतिकी रक्षा करते हैं आपको प्रणाम है ॥ ५७ ॥ आप चिद्भावमय विष्णु सद्भावमय शिव, तेजोभावमय सूर्य्य, ज्ञानभावमय गणेश और शक्तिभावमयी देवी होकर अन्यान्य अधिकारियोंको सगुणोपासनामें आत्मज्ञानका उपदेश देते हैं, आपको प्रणाम है ॥ ५८–५९ ॥ हे सर्व्वशक्तिमन् ! हे शक्त ! हे सर्व्वात्मन् ! हे कृपानिधे ! आपकी ही शक्तिसे हम सब देवतागण चालित होते हैं यह निश्चय है ॥ ६० ॥ आपको ही सत्तासे हे देव ! हम सत्तावान् हैं, आपके आश्रित होनेपर भी हम मूढ़ मायाके द्वारा आपको भूल जाते हैं ॥६१॥ हे प्रभो ! आपको भूलनेवाले हमलोगोंके मोहको आप विपत्तिरूप शासनके द्वारा अवश्य हरण करते हैं, अहो ! आपकी महती दया है ॥ ६२ ॥ हे शरणागतवत्सल ! हम आपके

तथोपदेशं याचामो ज्ञातुं स्मर्त्तुञ्च तत्त्वतः ।
त्वां शक्ताः स्मो यथा मोहे न पतामः पुनः क्वचित् ॥ ६४ ॥
विश्वासो नो ध्रुवो जातो यत्त्वां संस्मरतां सदा ।
अस्माकं निखिला भीतिस्तापोऽभावश्च नँक्ष्यति ॥ ६५ ॥
त्वां सदा स्मरतां नूनमुद्यमो नः फलिष्यति ।
सर्व्वे मनोरथाः सिद्धा भविष्यन्ति नमोऽस्तु ते ॥ ६६ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ६७ ॥

युष्माकं स्तुतिभिर्देवाः ! प्रसन्नोऽस्मि ततस्त्वहम् ।
श्रेयसे वो यथायोग्यं ब्रवीमि वचनं शुभम् ॥ ६८ ॥
सदाचारच्युता यूयं भवथ स्म दिवौकसः ।
स्वकर्त्तव्यं स्वधर्म्मञ्च भवन्तो व्यस्मरञ्छुभम् ॥ ६९ ॥
अत एव समाक्रामच्चित्तं वो मोहजं भयम् ।
तापोऽयोग्यप्रवृत्त्युत्थोऽभावो मत्स्मृतिनाशतः ॥ ७० ॥

शरण आये हैं जिससे हमारा मोहजनित भय नाश हो जाय ऐसा आप करें ॥ ६३ ॥ ऐसे उपदेशकी हम आपसे याचना करते हैं जिससे हम आपको तत्त्वरूपसे जाननेको और स्मरण करनेको समर्थ होसकें और पुनः कभी मोहमें न पड़ें ॥ ६४ ॥ हम लोगोंको ठीक विश्वास होगया है कि आपको सदा स्मरण करनेसे हमारे सब भय, त्रिविध ताप और अभाव नाश होजायेंगे ॥ ६५ ॥ आपको सदा स्मरण करनेसे निश्चय ही हमारा पुरुषार्थ सफल होगा और हमारे सब मनोरथ सिद्ध होंगे, आपको प्रणाम है ॥ ६६ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ६७ ॥

हे देवतागण ! मैं तुम्हारी स्तुतिसे प्रसन्न हुआ इस कारण तुम्हारे कल्याणके लिये मैं यथायोग्य शुभ वचन कहता हूँ ॥६८॥ तुम लोग सदाचारभ्रष्ट होगये हो इस कारण तुम मंगलमय निज कर्त्तव्य और स्वधर्म्मको भूल गये हो ॥ ६९ ॥ इसीसे तुम्हारे चित्तपर मोह-

यूयमाचारभाजश्चेत्स्वकर्त्तव्यपरायणाः ।
स्वधर्मनिरताश्चाऽपि भवितुं खलु शक्ष्यथ ॥ ७१ ॥
मच्चित्ताश्चेत्तदा यूयं भयात्तापादभावतः ।
विमुक्ताः सर्व्वकल्याणं लप्स्यध्वे मत्प्रसादतः ॥ ७२ ॥
आचारः सर्वकल्याणमूलं नूनं दिवौकसः ! ॥
शक्ष्यन्त्याचारवन्तो हि प्राप्तुं कल्याणसम्पदः ॥ ७३ ॥
आचारमूला जातिः स्यादाचारः शास्त्रमूलकः ।
वेदवाक्यं शास्त्रमूलं वेदः साधकमूलकः ॥ ७४ ॥
साधकश्च क्रियामूलः क्रियाऽपि फलमूलिका ।
फलमूलं सुखं देवाः ! सुखमानन्दमूलकम् ॥ ७५ ॥
आनन्दो ज्ञानमूलस्तु ज्ञानं वै ज्ञेयमूलकम् ।
तत्त्वमूलं ज्ञेयमात्रं तत्त्वं हि ब्रह्ममूलकम् ॥ ७६ ॥
ब्रह्मज्ञानं त्वैक्यमूलमैक्यं स्यात्सर्व्वमूलकम् ।
ऐक्यं तद्धि सुपर्वाणः ! भावातीतं सुनिश्चितम् ॥ ७७ ॥

जनित भय, अयोग्य-प्रवृत्तिजनित ताप और मेरे विस्मरणजनित अभाव, इन सबोंने अधिकार कर लिया है ॥ ७० ॥ यदि तुम आचारवान् होनेसे कर्त्तव्य परायण, स्वधर्मनिरत और मद्गतचित्त होसकोगे तब भय और तापमुक्त होकर सब प्रकारके अभावको दूर करते हुए मेरी कृपासे यावत् मङ्गल लाभ करोगे ॥ ७१-७२ ॥ हे देवगण ! आचार ही सब कल्याणोंका मूल है आचारवान् ही सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं ॥ ७३ ॥ जाति आचारमूलक होती है, आचार शास्त्रमूलक होता है, शास्त्रका मूल वेदवाक्य है, वेदका मूल साधक है, साधककी मूल क्रिया है, क्रियाका मूल फल है, हे देवगण ! फलका मूल सुख है, सुखका मूल आनन्द है, आनन्दका मूल ज्ञान है, ज्ञानका मूल ज्ञेय है, सकल ज्ञेयोंका मूल तत्त्व है, तत्त्वका मूल ब्रह्म है, ब्रह्मज्ञानका मूल ऐक्य है

भावातीतमिदं सर्व्वं प्राकाश्ये भावमात्रकम्।
नास्त्यत्र संशयः कोऽपि सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ॥ ७८ ॥

अज्ञानादेव भीतीनामुत्पत्तिर्जायते सुराः !।
अज्ञानमेव जन्तूनां हेतुस्तापत्रयस्य वै ॥ ७९ ॥

ज्ञानेन रहिता जीवाः साधुसौभाग्यवंचिताः।
द्रष्टुं स्मर्त्तुञ्च मां नित्यं कदाचिदपि नेशते ॥ ८० ॥

नूनं कर्त्तव्यनिष्ठो यो निजधर्मपरायणः।
ज्ञानवान्स भयान्मुक्तः सत्यमेव ब्रवीमि वः ॥ ८१ ॥

तापत्रयं न शक्नोति कदाचित् स्प्रष्टुमेव तम्।
अचिरेणैव कालेन स मुक्तिमधिगच्छति ॥ ८२ ॥

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते।
ध्यानात् कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम् ॥ ८३ ॥

और ऐक्य सबका मूल है, हे देवगण! वही ऐक्य भावातीत है यह निश्चित है ॥ ७४–७७ ॥ यह सकल संसार प्रकाशरूपसे केवल भावमय है परन्तु वस्तुतः भावातीत है, इसमें कोई भी सन्देह नहीं है मैं सत्य २ कहता हूं ॥ ७८ ॥ हे देवगण! अज्ञानसे ही भयकी उत्पत्ति होती है, अज्ञान ही त्रितापका कारण है ॥ ७९ ॥ ज्ञानरहित जीव सौभाग्यसे वञ्चित हैं और वे मेरे दर्शन लाभ करनेमें और यहांतक कि मेरे स्मरण करने तकमें असमर्थ होते हैं ॥ ८० ॥ परन्तु मैं तुम्हें सत्य कहता हूँ कि जो कर्त्तव्यनिष्ठ और स्वधर्म्मपरायण होते हैं वे अतिसुगमतासे ही आत्मज्ञान लाभ करके भयमुक्त हो जाते हैं ॥ ८१ ॥ पुनः त्रिताप उनको स्पर्श नहीं करसक्ता और वे शीघ्र ही मुक्तिको प्राप्त करते हैं ॥ ८२ ॥ अभ्यासकी अपेक्षा ज्ञान श्रेष्ठ है, ज्ञानसे ध्यान विशेष माना गया है, ध्यानसे कर्मफलोंका त्याग श्रेष्ठ है और त्यागके अनन्तर ही शान्ति होती है ॥ ८३ ॥

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वञ्च मयि पश्यति ।
तस्याऽहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥ ८४ ॥

देवा ऊचुः ॥ ८५ ॥

देवादिदेव ! सर्वज्ञ ! सृष्टिस्थितिलयप्रभो !
त्वद्विस्मरणतो नूनं दुर्गतिर्नोऽभवत्स्वयम् ॥ ८६ ॥
आज्ञाऽस्ति भवतः सत्या जीवा अभ्यासयोगतः ।
निर्भयायां पदव्यान्तु भवन्त्यग्रेसरा ध्रुवम् ॥ ८७ ॥
क्रमशो निर्भयाः सन्तस्ते जीवा भाग्यशालिनः ।
अतुलां परमां शान्तिमधिगच्छन्ति सत्वरम् ॥ ८८ ॥
तदुक्तक्रमतो देव ! दीनाश्रय ! यथा वयम् ।
प्रशान्ता निर्भयाः स्याम कृपयैव तथाऽऽदिश ॥ ८९ ॥

जो मुझको सर्वत्र देखता है और सबको मुझमें देखता है उसके लिये मैं कभी अन्तर्धान नहीं होता हूँ और वह भी मुझसे अदृश्य नहीं होता है ॥ ८४ ॥

देवतागण बोले ॥ ८५ ॥

हे देवादिदेव ! हे सृष्टिस्थितिप्रलयकर्त्ता ! हे सर्व्वज्ञ ! अब हमलोगोंको यह विदित हुआ कि आपको विस्मृत होनेसे ही हमलोगोंकी यह दुर्गति हुई है ॥ ८६ ॥ आपकी आज्ञा सत्य है कि अभ्यासके द्वारा ही जीव निर्भयपदकी ओर अग्रसर होते हैं और क्रमशः भयरहित होकर परमभाग्यशाली हो परमशान्तिको शीघ्र प्राप्त करते हैं ॥ ८७-८८ ॥ अतः हे दीनजनोंके आश्रयदाता ! आपके कहे हुए क्रमके अनुसार हम शान्तिको प्राप्त करके कैसे भयरहित होसक्ते हैं सो कृपया आज्ञा कीजिये ॥ ८९ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ९० ॥

हे देवाः ! इन्द्रियैर्जीवा विषयेषु निरन्तम् ।
सक्ताः सन्तस्तदाकारवृत्तिभिः स्युः सुदुःखिताः ॥ ९१ ॥
दशेयमेव भीहेतुः स्वर्गादिप्राप्तिकारणम् ।
एषैव विषमा नूनं आवागमनकारणम् ॥ ९२ ॥
ततो विषयवैराग्यैर्यदा शिथिलबन्धनः ।
प्रारब्धवान् साधकः स्यात्तदा सफलतालयः ॥ ९३ ॥
तदैव विमलं ज्ञानमासाद्य निर्म्मलाशयः ।
समुन्नताधिकराप्तेरधिकार भवस्यलम् ॥ ९४ ॥
नश्वरस्य शरीरस्य सम्बन्धाद्भवतां भयम् ।
भ्रान्तिमूलं यदेतत्तद्देवाः ! तत्त्वबुभुत्सवः ! ॥ ९५ ॥
इह दृश्यानि सर्वाणि नश्वराणि भवन्त्यहो ।
अविवेकमयोऽयं यत्संसारोऽतो भयाप्लुतः ॥ ९६ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ९० ॥

हे देवगण ! जीव इन्द्रियोंकी सहायतासे विषयोंमें फँसकर विषयाकार वृत्तिको प्राप्त करता हुआ नाना दुःख प्राप्त करता है ॥ ९१ ॥ यही दशा सब भयोंकी कारण है, यही दशा स्वर्ग नरक प्रेत पितृ आदि नाना लोकप्राप्ति और आवागमनका मूलकारण है ॥ ९२ ॥ अतः विषयवैराग्य द्वारा इस बन्धनको शिथिल करता हुआ अभ्यासकी सहायतासे प्रारब्धवान् साधक जब सफलता लाभ करता है तब ही वह ज्ञानवान् होकर उन्नत अधिकार प्राप्त करनेका अधिकारी बनता है ॥ ९३-९४ ॥ हे तत्त्वजिज्ञासु देवतागण ! नश्वर शरीरके सम्बन्धसे आपलोगोंका जो भय है सो भ्रममूलक है ॥ ९५ ॥ इस संसारकी सब वस्तु नश्वर है विशेषतः यह संसार अज्ञानमय होनेके कारण भयसे पूर्ण है ॥ ९६ ॥

अविवेकसमुद्भूतविषयासक्तितः क्वचित् ।
लब्धुं न कोऽपि शक्नोति निर्भयत्वमिह स्वतः ॥ ९७ ॥
पुत्रमित्रकलत्रादिस्वजनाः स्वस्वकर्म्मणा ।
भोगार्थं युगपन्नूनमेकत्रोत्पत्तिमाश्रिताः ॥ ९८ ॥
आत्मीयत्वेन राजन्ते ध्रुवं स्वस्वार्थसिद्धये ।
संस्थाप्यानृतसम्बन्धमेषु यान्ति महद्भयम् ॥ ९९ ॥
एतदात्मीयजं दुःखं भयं चाऽज्ञानमूलकम् ।
न जायते सुखं सत्यं नश्वरात्काञ्चनादितः ॥ १०० ॥
ईदृशे नश्वरेऽर्थे हि सक्तो देही निरन्तरम् ।
विविधं दुःखमाप्नोति भयञ्चैवाऽधिगच्छति ॥ १०१ ॥
जरामृत्युभयं देहे पुत्रादौ कालजादिकम् ।
राजतस्करजं द्रव्ये जराजं यौवने भयम् ॥ १०२ ॥
जरारोगभयं रूपे बले शत्रुभवं भयम् ।
भोगे रोगभयं नूनं कुले पतनजं भयम् ॥ १०३ ॥

अज्ञानसम्भूत विषयमें आसक्त रहनेसे कोई भी भयरहित नहीं हो सक्ता ॥ ९७ ॥ पुत्र मित्र कलत्रादि स्वजन केवल अपने अपने कर्म्म भोगनेके लिये एक देशकालमें उत्पन्न होकर अपने अपने स्वार्थ-सिद्धिके लिये आत्मीयरूपसे प्रतीत होते हैं उनमें मिथ्या सम्बन्ध स्थापन करके देही अनेक भयको प्राप्त होता है ॥ ९८-९९ ॥ यह सब आत्मीयजनित भय और दुःख अज्ञानमूलक है। नश्वर कामिनी काञ्चन आदि भोगपदार्थ अपनी नश्वरताके कारण कदापि सत्य सुखको उत्पन्न नहीं करसक्ते ॥ १०० ॥ इस प्रकारके नश्वर विषयोंमें फंसकर देही निरन्तर अनेक प्रकारके दुःख और भय प्राप्त करता है ॥ १०१ ॥ शरीरमें जरा और मृत्युका:भय है, पुत्रकलत्रादिमें काल और वियोगका भय है, धनमें राजा और चोरका भय है, यौवनमें वार्द्धक्यका भय है ॥ १०२ ॥ रूपमें जरा और रोगका भय है, बलमें शत्रुका भय है, भोगमें रोगका भय है, कुलमें पतित होनेका भय है ॥१०३॥

दीनताजं भयं माने गुणे खलभयं खलु ।
भयं निन्दकजं शक्तौ विद्यायां वादिजं भयम् ॥ १०४ ॥
स्वर्गेऽपि प्रार्थ्यमानेऽस्मिन्नीर्ष्यापतनजं भयम् ।
वैराग्यपदमेवाऽत्र तिष्ठत्यभयमुत्तमम् ॥ १०५ ॥
येनैव हि विचारेण तत्तु लभ्येत निर्जराः ! ।
जगतां श्रेयसे नूनं तं ब्रवीमि निबोधत ॥ १०६ ॥
देहिनोऽस्मिन् यथा देहे कौमारं यौवनं जरा ।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ॥ १०७ ॥
मात्रास्पर्शास्तु गीर्वाणाः ! शीतोष्णसुखदुःखदाः ।
आगमापायिनोऽनित्यास्ताँस्तितिक्षध्वमुत्तमाः ! ॥ १०८ ॥
यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं विबुधर्षभाः ! ।
समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते ॥ १०९ ॥
नाऽसतो विद्यते भावो नाऽभावो विद्यते सतः ।

मानमें दीनताका भय है, गुणमें खलोंका ही भय है, शक्तिमें निन्दकका भय है, विद्यामें वादीका भय है ॥ १०४ ॥ सब लोगोंके अभीप्सित स्वर्गमें भी ईर्ष्या और पतनका भय है, केवल उत्तम वैराग्यपद ही भयरहित है ॥ १०५ ॥ हे देवतागण ! जिस विचारके द्वारा इसकी प्राप्ति निश्चय ही होती है उसको जगत्कल्याणके लिये ही कहता हूँ सो जानो ॥ १०६ ॥ देहाभिमानी जीवका जिस प्रकार इस देहमें कौमार यौवन और वार्द्धक्य है देहान्तरप्राप्ति अर्थात् मृत्यु भी उसी प्रकार है (अवस्थाभेदमात्र है) अतएव ज्ञानी उसमें मोहित नहीं होते हैं ॥ १०७ ॥ हे श्रेष्ठ देवगण ! इन्द्रियोंकी वृत्ति और उनके साथ इन्द्रियोंके विषयोंका संयोग ये ही शीतोष्णादि सुख दुःखको देनेवाले हैं। ये सब आगमापायी (उत्पत्तिनाशविशिष्ट) हैं अतएव अनित्य हैं उनको सहन करो अर्थात् हर्षविषाद आदिके वशीभूत मत हो ॥ १०८ ॥ हे देवश्रेष्ठो ! ये सब (मात्रास्पर्श) सुख दुःखमें समभावयुक्त जिस धीर व्यक्तिको व्यथा नहीं देते हैं वह अमरत्व प्राप्त करता है ॥ १०९ ॥ अनित्य वस्तु स्थायी नहीं है और नित्य

उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ ११० ॥
अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्व्वमिदं ततम्।
विनाशमव्ययस्याऽस्य न कश्चित् कर्त्तुमर्हति ॥ १११ ॥
यदा वो मोहकलिलं बुद्धिर्व्यतितरिष्यति।
तदा गन्तास्थ निर्व्वेदं श्रोतव्यस्य श्रुतस्य च ॥ ११२ ॥
श्रुतिविप्रतिपन्ना वो यदा स्थास्यति निश्चला।
समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यथ ॥ ११३ ॥
बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत्सुखम्।
स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षय्यमश्नुते ॥ ११४ ॥
ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यन्तवन्तो विबुधाः! न तेषु रमते बुधः ॥ ११५ ॥

वस्तुका विनाश नहीं होता, अर्थात् अनित्य शरीर और जगत्का अवश्य नाश होगा और नित्य वस्तु आत्माका त्रिकालमें विनाश नहीं है। तत्त्वदर्शी लोगोंने इन दोनोंका ही तत्त्व देखा है ॥ ११० ॥ जो (उत्पत्तिनाशशील) इन सब (देहादि) में व्याप्त है उस (आत्मस्वरूप) को अविनाशी जानो। कोई भी उस अव्यय (उत्पत्तिनाशशून्य आत्मा) का विनाश नहीं कर सका ॥ १११ ॥ जब तुम्हारी बुद्धि मोहरूप गहन दुर्ग (देहादिमें आत्मबुद्धि) को परित्याग करेगी तब तुम श्रोतव्य और श्रुत अर्थोंसे वैराग्य-प्राप्त होगे ॥ ११२ ॥ जब तत्त्वज्ञानसम्बन्धी उपदेशोंके सुननेसे और उनके मनन द्वारा तुम्हारी बुद्धि अविचलित होकर समाधिमें उत्तमरूपसे स्थिर रहेगी तब तुम योग प्राप्त होगे ॥ ११३ ॥ बाह्येन्द्रियोंके सब विषयोंमें अनासक्तचित्त व्यक्ति, आत्मामें जो शान्ति सुख है उसकी प्राप्ति करता है, वह ब्रह्ममें योगके द्वारा युक्तात्मा होकर अक्षय सुख प्राप्त करता है ॥ ११४ ॥ विषयजनित जो सब सुख हैं वे निश्चय ही दुःखके हेतु हैं एवं आदि और अन्त विशिष्ट अर्थात् अनित्य हैं इसी कारण हे देवगण! विवेकी

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही ॥ ११६ ॥
अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि निर्ज्जराः ! ।
अव्यक्तनिधनान्येव ह्येतदेवावधार्य्यताम् ॥ ११७ ॥
आश्चर्य्यवत्पश्यति कश्चिदेन-
माश्चर्य्यवद्वदति तथैव चान्यः ।
आश्चर्य्यवच्चैनमन्यः शृणोति
श्रुत्वाऽप्येनं वेद न चैव कश्चित् ॥ ११८ ॥

इति श्रीविष्णुगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे देवमहाविष्णुसम्वादे वैराग्ययोगवर्णनं नाम प्रथमोऽध्यायः ।

पुरुष इन सबमें रत नहीं होते हैं ॥ ११५ ॥ जिस प्रकार मनुष्य जीर्ण वस्त्र परित्याग करके दूसरे नवीन वस्त्र धारण करता है उसी प्रकार आत्मा जीर्ण शरीर परित्याग करके अन्य नूतन देह धारण करता है ॥ ११६ ॥ हे देवगण ! सकल भूत प्रारम्भमें अव्यक्त (चक्षु आदिके अगोचर) हैं, (केवल) बीचमें व्यक्त (प्रकाशित) हैं एवं मरणकालमें भी अव्यक्त हैं, ये सब ही आप विचार करें ॥ ११७ ॥ कोई इस (आत्मा) को आश्चर्यवत् देखता है, इसी प्रकार कोई इसको आश्चर्य्यवत् कहता है और कोई इस को आश्चर्य्यवत् सुनता है और कोई सुनकर भी इसको नहीं जानता है ॥ ११८ ॥

इस प्रकार श्रीविष्णुगीतोपनिषद्‌के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी देवमहाविष्णुसम्वादात्मक योगशास्त्रका वैराग्ययोगवर्णन नामक प्रथम अध्याय समाप्त हुआ ।

सृष्टिसृष्टिधारकयोगवर्णनम् ।

देवा ऊचुः ॥ १ ॥

देवाधिदेव ! हे नाथ ! भवतः कृपयाऽधुना ।
ज्ञात्वा वैराग्यमाहात्म्यं तत्स्वरूपञ्च सुस्फुटम् ॥ २ ॥
निर्भयाः स्मो वयं जाता देवास्त्वत्पदसेविनः ।
इदानीं वर्णयन्सम्यक् सृष्टिप्रकरणं तथा ॥ ३ ॥
तद्रहस्यं महाविष्णो ! ज्ञापयन्यच्छ नोऽधुना ।
विवेकं तादृशं येन जानीमो विस्तराद्वयम् ॥ ४ ॥
का सृष्टिः कश्च सम्बन्धस्तया नस्सह सम्मतः ॥ ५ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ६ ॥

निर्गुणावस्थितावस्मि खल्वव्यक्तोऽद्वितीयकः ।
आविर्भवति मे शक्तिर्मत्त एव यदा सुराः ! ॥ ७ ॥

देवतागण बोले ॥ १ ॥

हे देवादिदेव ! हे नाथ ! इस समय वैराग्यकी महिमा और उसका स्वरूप आपकी कृपासे भलीभांति जानकर हम सब आपके चरणसेवक देवगण भयसे रहित हुए हैं । अब हे महाविष्णो ! सृष्टिप्रकरण और उसका रहस्य अच्छीतरह वर्णन करके हमको ऐसा विवेक इस समय प्रदान कीजिये जिससे हम अच्छीतरह समझसकें कि सृष्टि क्या है और सृष्टिके साथ हमारा क्या सम्बन्ध है ॥२-५॥

महाविष्णु बोले ॥ ६ ॥

मैं निर्गुण अवस्थामें अव्यक्त और अद्वितीय ही रहता हूँ । हे देवतागण ! जब मेरी शक्ति मुझसे ही उत्पन्न होती है तब मैं महाविष्णु होकर सगुणरूपको धारण करता हूँ । मेरी शक्ति महामाया अपने-

महाविष्णुस्तदा भूत्वा सगुणं धारये वपुः ।
शक्तिर्मम महामाया द्विधा कृत्वाऽऽत्मनो वपुः ॥ ८ ॥
विद्यारूपेण सततं सेवायां रमते मम ।
करोति ज्ञानिनो जीवान्मां प्रत्यग्रेसरांश्च सा ॥ ९ ॥
तथाऽविद्यास्वरूपेण सैव जीवानहर्निशम् ।
अज्ञानबन्धने बद्ध्वा तेषां बन्धनकारणम् ॥ १० ॥
सृष्टिस्थित्योश्च जगतः कारणं भवति ध्रुवम् ।
वस्तुतोऽहं निजानन्दप्रकाशाय हि केवलम् ॥ ११ ॥
धरामि द्वैतरूपं तज्जानीत विबुधर्षभाः ! ।
ममानन्दस्य तस्याऽस्ति महामायैव कारणम् ॥ १२ ॥
मच्छक्तिरूपां यां प्राहुर्मूलप्रकृतिरित्यपि ।
विदन्ति प्रकृतिं तां मे त्रिगुणां तत्त्वदर्शिनः ॥ १३ ॥
नाना तत्त्वविभक्तां तां केचन ज्ञानिनो विदुः ।
तामेव प्रकृतिं केचिच्चतुर्विंशतिधा जगुः ॥ १४ ॥

मैंसे दो रूप प्रकट करके वे विद्यारूपसे सदा मेरी सेवामें रत रहती हैं और वे ज्ञानी जीवोंको मेरी ओर अग्रसर करती रहती हैं ॥ ७-९ ॥ वे ही पुनः अविद्यारूपसे जीवोंको अज्ञानबन्धनमें अहर्निश फंसाकर उनके बन्धन तथा जगत्की सृष्टि स्थितिका निश्चित कारण बनती हैं। हे श्रेष्ठ देवगण ! वास्तवमें केवल अपने आनन्दके प्रकाशके लिये ही मैं द्वैतरूपको धारण करता हूँ, इस बातको जानो। मेरे उस आनन्दका कारण महामाया ही है ॥ १०-१२ ॥ जिसको मेरी शक्तिरूपिणी और मूलप्रकृति भी कहते हैं । उस मेरी प्रकृतिको त्रिगुणमय करके तत्त्वदर्शिगण जानते हैं ॥ १३ ॥ कोई तत्त्वज्ञानी उसको नानातत्त्वोंमें विभक्त जानते हैं । कोई तत्त्वज्ञानी उसी प्रकृतिको चतुर्विंशतिभागमें

वस्तुतो मेऽष्टधा भिन्ना प्राधान्यात्प्रकृतिर्मता ।
जगत्प्रसविनी शक्तिर्युष्माभिरवधार्य्यताम् ॥ १५ ॥
अन्या चेतनमय्यस्ति प्रकृतिर्जीवमुक्तिदा ।
उक्ताष्टप्रकृतेर्भिन्ना यां हि पश्यन्ति योगिनः ॥ १६ ॥
मम प्रकृतिसम्भूतसंसारस्य सुरर्षभाः ! ।
सृष्टिः प्रवाहरूपेण ह्यनाद्यन्ता प्रकीर्तिता ॥ १७ ॥
अपि ब्रह्माण्डसङ्घस्यानन्तत्वे प्रकृतिर्मम ।
प्रतिब्रह्माण्डमेवासौ सृष्टिस्थितिलयान्खलु ॥ १८ ॥
स्वयं करोति दुर्ज्ञेया जीवैर्मद्वशवर्त्तिनी ।
ब्रह्मविष्णुमहेशानां रूपेणाऽहं सहायवान ॥ १९ ॥
सृष्टिस्थितिलये वर्त्ते प्रतिब्रह्माण्डमेव हि ।
स्वस्वशक्त्याश्रयान्नूनं त्रय एते हि हेतवः ॥ २० ॥
सृष्टिस्थितिलयानां वै भवन्ति सुरसत्तमाः ! ।
ब्रह्मा मच्छक्तिमाश्रित्य जीवकर्म्मानुसारतः ॥ २१ ॥

विभक्त कहते हैं ॥ १४ ॥ वास्तवमें प्रधानतः मेरी शक्तिरूपिणी जगत्प्रसविनी प्रकृति अष्टधा विभक्त है, सो आप जानें ॥ १५ ॥ और चेतनमयी प्रकृति जो जीवको मुक्त करती है, वह इससे अलग है जिसको योगी लोग उक्त आठ प्रकारकी प्रकृतिसे भिन्न देखते हैं ॥ १६ ॥ हे देवगण ! मेरी प्रकृतिसे उत्पन्न इस संसारकी सृष्टि प्रवाहरूपसे ही अनादि अनन्त कही गई है ॥ १७ ॥ ब्रह्माण्डसमूहके अनन्त होने पर भी प्रत्येक ब्रह्माण्डकी ही उत्पत्ति स्थिति और लय, जीवों के द्वारा दुर्ज्ञेया यह मेरी प्रकृति मेरे वशमें रहकर स्वयं ही करती है । प्रत्येक ब्रह्माण्डमें मैं ही ब्रह्मा, विष्णु और महेशरूपसे सृष्टि स्थिति और लयमें सहायक रहता हूँ । हे श्रेष्ठ देवगण ! वे ही तीनों अपनी अपनी शक्तिको आश्रय करके ही उत्पत्ति स्थिति और लयके कारण होते हैं । हे देवगण ! ब्रह्मा मेरी शक्तिका आश्रय लेकर जीवोंके पूर्वकर्म्मके अनुसार तथा

तथा स्वाभाविकं कर्म्मप्रवाहं प्रकृतेः सुराः ! ।
आश्रित्य तनुते नित्यं स्थावरं जङ्गमं जगत् ॥ २२ ॥
उद्भिदः स्वेदजस्याथ ह्यण्डजस्य तथा सुराः ! ।
जरायुजस्य मर्त्त्यानां पितॄणां भवतां तथा ॥ २३ ॥
तत्त्वज्ञानोपदेष्टॄणामृषीणां चैव सर्व्वशः ।
ब्रह्मैव कुरुते सृष्टिं महामायाप्रभावतः ॥ २४ ॥
इमे मन्मायया भ्रान्ताः सृष्टिचक्रे भ्रमन्त्यहो ।
यूयं सर्व्वेऽपि मन्मायामोहिताः स्थ विशेषतः ॥ २५ ॥
सृष्टिचक्रविवेकन्तु निबोधत समाहिताः ।
यमत्र सन्निधौ देवाः ! भवतां प्रब्रवीम्यहम् ॥ २६ ॥
सहस्रयुगपर्य्यन्तमहर्यद् ब्रह्मणो विदुः ।
रात्रिं युगसहस्रान्तां तेऽहोरात्रविदो जनाः ॥ २७ ॥
अव्यक्ताद् व्यक्तयः सर्व्वाः प्रभवन्त्यहरागमे ।
राज्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके ॥ २८ ॥

प्रकृतिके स्वाभाविक कर्म्म-प्रवाहका अवलम्बन करके स्थावर-जङ्गमात्मक संसारको सदा विस्तार करते हैं ॥ १८-२२ ॥ हे देवगण ! उद्भिज्ज, स्वेदज, अण्डज, जरायुज, मनुष्य, पितृ, देवता और तत्त्वज्ञानोपदेशक ऋषियोंकी, इन सब प्रकारकी सृष्टिको ब्रह्माजी ही महामायाके प्रभावसे करते हैं ॥ २३-२४ ॥ अहो ! मेरी मायासे भूले हुए ये सब सृष्टिचक्रमें घूमते रहते हैं। आप सब भी मेरी मायासे विशेष विमोहित हैं ॥ २५ ॥ हे देवतागण ! आपलोगोंके समीप जिस सृष्टिचक्रके विवेकको मैं यहाँ कहता हूँ उसको सावधान होकर समझो ॥ २६ ॥ सहस्रयुग पर्य्यन्त ब्रह्माका जो एक दिन उसको जो जानते हैं एवं सहस्रयुगान्ता जो रात्रि उसको जो जानते हैं वे लोग अहोरात्रवेत्ता हैं ॥ २७ ॥ ब्रह्माके दिनारम्भमें अव्यक्तसे सब व्यक्त (चराचर प्राणिमात्र) प्रादुर्भूत होते हैं एवं ब्रह्माकी रात्रिके

भूतग्रामः स एवायं भूत्वा भूत्वा प्रलीयते ।
रात्र्यागमेऽवशो देवाः ! प्रभवत्यहरागमे ॥ २९ ॥
परस्तस्मात्तु भावोऽन्योऽव्यक्तो व्यक्तात्सनातनः ।
यः स सर्व्वेषु भूतेषु नश्यत्स्वपि न नश्यति ॥ ३० ॥
अव्यक्तोऽक्षर इत्युक्तस्तमाहुः परमां गतिम् ।
यं प्राप्य न निवर्त्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥ ३१ ॥
पुरुषः स परो देवो भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया ।
यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्व्वमिदं ततम् ॥ ३२ ॥
न च मत्स्थानि भूतानि दृश्यतां योग ऐश्वरः ।
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः ॥ ३३ ॥
यथाकाशस्थितो नित्यं वायुः सर्व्वत्रगो महान् ।

प्रारम्भमें उसी अव्यक्तस्वरूपमें ही लीन होजाते हैं ॥ २८ ॥ हे देवगण ! वेही व्यक्त सचराचर सब प्राणिवर्ग वारंवार जन्म ग्रहण करके रात्रिके समागम होने पर लीन होते हैं एवं दिनके प्रारम्भमें (अपने अपने कर्म्मादिके) वश होकर उत्पन्न होते हैं ॥ २९ ॥ किन्तु उस व्यक्तभावसे भी श्रेष्ठ (उसका भी कारण) अतीन्द्रिय अनादि जो एक भाव है वह सकल प्राणियोंके नष्ट होनेपर भी नष्ट नहीं होता है ॥ ३० ॥ जो अव्यक्त अर्थात् अतीन्द्रियभाव अक्षर कहा गया है उसको परम गति अर्थात् परमपुरुषार्थ कहते हैं, जिसको प्राप्त होकर पुनः प्रत्यावर्त्तित होना नहीं होता है वह मेराही परमधाम है ॥ ३१ ॥ हे देवगण ! जिसमें भूतगण (प्राणिमात्र) स्थित हैं एवं जो इस सकल जगत्में व्याप्त है वह परमपुरुष एकान्तभक्ति द्वारा ही प्राप्य है॥३२॥ मेरे ऐश्वरीय योगको देखो, सकलप्राणी मुझ में अवस्थित होकर भी अवस्थित नहीं हैं अर्थात् मैं उनसे निर्लिप्त हूँ, मैं भूतधारक और भूतपालक हूँ तथापि भूतगणमें मैं अवस्थित नहीं हूँ ॥ ३३ ॥ सर्व्वव्यापी और महान् वायु जिस प्रकार आकाशमें नित्य स्थित है सकल

तथा सर्व्वाणि भूतानि मत्स्थानीत्युपधार्य्यताम् ॥ ३४ ॥
सर्वभूतानि गीर्व्वाणाः ! प्रकृतिं यान्ति मामिकाम् ।
कल्पक्षये पुनस्तानि कल्पादौ विसृजाम्यहम् ॥ ३५ ॥
प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः ।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशं प्रकृतेर्वशात् ॥ ३६ ॥
न च मां तानि कर्म्माणि निबध्नन्ति दिवौकसः ! ।
उदासीनवदासीनमसक्तं तेषु कर्म्मसु ॥ ३७ ॥
मयाऽध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम् ।
हेतुनाऽनेन वै देवाः ! जगद्विपरिवर्त्तते ॥ ३८ ॥
न मे विदुर्भवन्तो हि प्रभवं न महर्षयः ।
अहमादिर्हि वो देवाः ! महर्षीणाञ्च सर्वशः ॥ ३९ ॥
यो मामजमनादिञ्च वेत्ति लोकमहेश्वरम् ।
असंमूढः स सर्व्वत्र सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ४० ॥

भूत भी वैसेही मुझमें अवस्थित हैं ऐसा समझो ॥ ३४ ॥ हे देवगण ! प्रलयकालमें सब भूतगण मेरी प्रकृतिको प्राप्त होते हैं एवं पुनः सृष्टिके प्रारम्भमें मैं उनको उत्पन्न करता हूँ ॥ ३५ ॥ मैं अपनी प्रकृतिमें अधिष्ठान करके स्वभाववश होकर कर्म्मादि परवश इन समस्त भूतगणकी पुनः पुनः सृष्टि करता रहता हूँ ॥ ३६ ॥ हे देवगण ! उन सब कर्म्मोंमें अनासक्त और उदासीनवत् अवस्थित मुझको वे सब कर्म्म बन्धन नहीं करसक्ते हैं ॥ ३७ ॥ मेरे अधिष्ठानसे प्रकृति चराचर सहित विश्वको उत्पन्न करती है हे देवगण ! इस कारण जगत् बारंबार उत्पन्न होता है ॥ ३८ ॥ मेरा प्रभव (आविर्भाव) तुमको अवगत नहीं है, महर्षिगणको भी अवगत नहीं है क्योंकि मैं हे देवगण ! तुमलोगोंका और महर्षिगणका सर्व्व प्रकारसे आदि हूँ ॥ ३९ ॥ जो मुझको अनादि, जन्मरहित, और सकल लोकोंका महान् ईश्वर जानता है वह सब जगह मोहरहित होकर सकल

महर्षयः सप्त पूर्व्वे चत्वारो मनवस्तथा ।
मद्भावा मानसा जाता येषां लोक इमाः प्रजाः ॥ ४१ ॥
एतां विभूतिं योगञ्च मम यो वेत्ति तत्त्वतः ।
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र संशयः ॥ ४२ ॥
बुद्धिर्ज्ञानमसम्मोहः क्षमा सत्यं दमः शमः ।
सुखं दुःखं भवोऽभावो भयञ्चाभयमेव च ॥ ४३ ॥
अहिंसा समता तुष्टिः स्तपो दानं यशोऽयशः ।
भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग्विधाः ॥ ४४ ॥
अहं सर्व्वस्य प्रभवो मत्तः सर्व्वं प्रवर्त्तते ।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विताः ॥ ४५ ॥

देवा ऊचुः ॥ ४६ ॥

अनादिदेव ! सृष्टीनां कर्त्तः ! पालक ! हारक ! ।
प्रभो ! विश्वनियन्तर्नः कृपया कथयाऽधुना ॥ ४७ ॥

पापोंसे मुक्त होजाता है ॥ ४० ॥ भृगु आदि सात महर्षि और उनके पूर्व्ववर्त्ती सनकादि चार महर्षि तथा स्वायंभुवादि चौदह मनु ये सभी मेरे प्रभावसे युक्त हैं एवं मेरे हिरण्यगर्भरूपके सङ्कल्पमात्रसे ही उत्पन्न हैं, सब संसारके सब जीव उन्हींकी सृष्टि की हुई प्रजा है ॥ ४१ ॥ जो तत्त्वज्ञानके द्वारा मेरी उक्त विभूति एवं योगको जानता है वह अचल समाधिमें युक्त होता है इसमें सन्देह नहीं ॥ ४२ ॥ बुद्धि, ज्ञान, असम्मोह, क्षमा, सत्य, दम, शम, सुख, दुःख, भव (उद्भव), अभव (नाश) भय, अभय, अहिंसा, समता, तुष्टि, तप, दान, यश, अयश, प्राणियोंके ये सब नाना प्रकारके भाव मुझसे ही उत्पन्न होते हैं ॥ ४३-४४ ॥ मैं सकल जगत्की उत्पत्तिका हेतु हूँ और मुझसे ही सब जगत् प्रवृत्तिको प्राप्त करता है यह जानकर विवेकिगण मेरे भावको प्राप्त होकर मेरा भजन करते हैं ॥ ४५ ॥

देवतागण बोले ॥ ४६ ॥

हे विश्वनियन्ता ! हे सृष्टिके कर्त्ता पालक और संहारक प्रभो !

इयं सृष्टिः किमाधारा तथाऽस्याः को नियामकः ।
आलम्ब्य कामिमे जीवाः परिणाममयीमिमाम् ॥ ४८ ॥
सृष्टिं जयन्तो ह्यर्हन्ति प्राप्तुं त्वां मोक्षदायिनं ।
ज्ञानानन्दप्रदं नित्यं भक्ताभीष्टफलप्रदम् ॥ ४९ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ५० ॥

धर्म्माधारा स्थिता सृष्टिः स एवास्या नियामकः ।
केवलं धर्म्ममेवैकमाश्रित्य जीवजातयः ॥ ५१ ॥
अग्रेसरा भवन्तीमा मां प्रत्येव न संशयः ।
ममानुशासनं धर्म्म इति तत्त्वविदो विदुः ॥ ५२ ॥
जगन्नियामिका शक्तिर्धर्म्मरूपाऽस्ति या मम ।
तया ह्यनन्तब्रह्माण्डान्यनन्ता लोकराशयः ॥ ५३ ॥
ऋषयः पितरो यूयं स्वस्वस्थाने स्थिताः सदा ।
रक्षन्ति सृष्टिमखिलामिति जानीत सत्तमाः ! ॥ ५४ ॥

अब कृपा करके यह बताइये कि यह सृष्टि किस आधारपर स्थित है और सृष्टिका नियामक कौन है और किसको अवलम्बन करके इस परिणाममय सृष्टिको जय करते हुए जीव, ज्ञानानन्दप्रद नित्य भक्ताभीष्टफलप्रद और मोक्षदायी आपको प्राप्त कर सकते हैं ॥ ४७-४९ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ५० ॥

सृष्टि धर्म्मके आधारपर स्थित है, सृष्टिका नियामक धर्म्म ही है और एकमात्र धर्म्मको ही अवलम्बन करके ये जीवगण मेरी ओर ही अग्रसर होते हैं इसमें सन्देह नहीं। मेरा अनुशासन धर्म्म है ऐसा तत्त्वज्ञ समझते हैं ॥ ५१-५२ ॥ मेरी जगन्नियामिका शक्तिरूप धर्म्मसे अनन्त ब्रह्माण्डसमूह, अनन्त लोकसमूह और ऋषि देवता पितृगण अपने २ स्थान पर सदा स्थित रहकर सम्पूर्ण सृष्टिकी रक्षा करते हैं, हे श्रेष्ठ देवगण! इसको जानो ॥ ५३-५४ ॥ हे देवगण !

धर्म्मे धारणरूपा या शक्तिरस्ति दिवौकसः ! ।
तयैव स्वस्वकक्षायामिमे सर्व्वे स्थिताः सदा ॥ ५५ ॥
ग्रहनक्षत्रप्रमुखा लोका ब्रह्माण्डकानि च ।
तयैव पितरो यूयमृषयश्च तथाऽसुराः ॥ ५६ ॥
रक्षन्तः पदमर्य्यादां स्वीयां लोकानवन्त्यलम् ।
यदा स्वधर्म्माच्च्यवथ विप्लवो जायते तदा ॥ ५७ ॥
अत्यन्तं येन लोकेषु नित्यं सीदन्ति प्राणिनः ।
अनन्तकोटिब्रह्माण्डयुक्तसृष्टिप्रवाहकः ॥ ५८ ॥
मत्स्थितः केवलं धर्म्ममेवैकमवलम्ब्य हि ।
वर्त्तते धर्म्म एवातो विश्वधारक ईरितः ॥ ५९ ॥
अनन्ता ये ग्रहाः सर्व्वे तथोपग्रहराशयः ।
ब्रह्माण्डशब्दनिर्व्वाच्यास्तथैवामरपुङ्गवाः ! ॥ ६० ॥
नानावैचित्र्यसंयुक्ता उद्भिज्जस्वेदजाण्डजाः ।
जरायुजा इमे नूनं भूतसङ्घाः समीरिताः ॥ ६१ ॥

मेरी धर्म्मकी धारिकाशक्तिद्वारा ही सब ब्रह्माण्ड और सब ग्रह नक्षत्र आदि लोकसमूह अपनी अपनी कक्षामें सदा स्थित रहते हैं और उसीके द्वारा ऋषि, पितृ, आपलोग और असुरगण भी अपनी अपनी पदमर्यादाकी रक्षा करते हुए संसारकी रक्षामें भलीभांति प्रवृत्त रहते हैं। आपलोग जब स्वधर्म्मसे च्युत होते हो तभी जगत्में विप्लव उपस्थित होता है ॥ ५५–५७ ॥ जिससे लोकोंमें प्राणिमात्र नित्य अत्यन्त क्लेश पाते हैं, मुझमें स्थित अनन्तकोटि-ब्रह्माण्डयुक्त सृष्टिप्रवाह एकमात्र धर्म्मको अवलम्बन करके ही स्थित है इसी कारण धर्म्म विश्वधारक कहागया है ॥ ५८–५९ ॥ हे देवश्रेष्ठगण ! अनन्त ग्रहउपग्रहमय ब्रह्माण्ड और अनन्त विचित्र-तापूर्ण उद्भिज्ज स्वेदज अण्डज और जरायुजरूपी चतुर्विध भूतसंघ,

सर्वानेतान्विनिर्दिष्टे नियमे परिचालयन्।
एक एवाऽस्ति धर्म्मोऽतो जगतां स नियामकः॥ ६२॥
प्रकृतेर्मे वशं याता मूढा जीवगणा हि ये।
क्रमशो मां समायान्ति निश्चितं विबुधोत्तमाः!॥ ६३॥
विशिष्टचेतना जीवास्तद्वन्मामेव चाऽऽश्रिताः।
मां प्रत्यग्रेसराः सन्तो मामेवायान्ति वै क्रमात्॥ ६४॥
अतः कर्म्म द्विधा मुख्यं सहजं जैवमेव च।
तस्मात् कर्म्मविदो धीरा धर्म्मं कर्म्मेति संजगुः॥ ६५॥
एवं यज्ञस्तथा धर्म्म उभौ पर्य्यायवाचकौ।
कथितौ वेदनिष्णातैः शास्त्रज्ञैः शास्त्रविस्तरे॥ ६६॥
सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः।
अनेन जीवा राध्यन्तामसावस्त्विष्टकामधुक्॥ ६७॥
भावयन्तु हि वोऽनेन भवन्तो भावयन्तु तान्।

इनसबको निर्दिष्ट नियम पर चलानेवाला एकमात्र धर्म्म है इस कारण धर्म्मको जगन्नियन्ता कहते हैं॥ ६०-६२॥ हे देवश्रेष्ठगण! मेरी प्रकृतिके अधीन रहकर मूढ़ जीवगण क्रमशः मुझको निश्चित ही प्राप्त होते हैं॥ ६३॥ और उसी प्रकारसे मुझे ही आश्रय करके विशिष्टचेतन जीवगण क्रमशः मेरी ओर अग्रसर होते हुए मुझको ही प्राप्त करते हैं॥ ६४॥ इसी कारण कर्म्म सहज और जैव रूपसे प्रधानतः दो प्रकारका कहाता है। कर्म्मके जाननेवाले महापुरुषगण इसीसे धर्म्मको कर्म्म नामसे अभिहित करते हैं॥ ६५॥ इसी प्रकार यज्ञ और धर्म्म दोनों पर्य्यायवाचक शब्द हैं इस बातको वेदनिष्णात शास्त्रज्ञोंने शास्त्रविस्तारमें कहा है॥ ६६॥ सृष्टिके प्रारम्भमें यज्ञके साथ ही साथ प्रजाओंको उत्पन्न करके प्रजापतिने कहा, "इससे जीवगण आराधना करें, यह उनलोगोंका अभीष्टप्रदानकारी हो" ॥ ६७॥ हे देवगण! जीवगण इसके द्वारा आपलोगोंको सम्वर्द्धित

परस्परं भावयन्तः श्रेयो देवाः ! अवाप्स्यथ ॥ ६८ ॥
इष्टान् भोगान् भवन्तो हि दास्यन्ते यज्ञभाविताः ।
अदत्त्वा वो भवद्दत्तान् यो भुंक्ते स्तेन एव सः ॥ ६९ ॥
यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्विषैः ।
भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात् ॥ ७० ॥
अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः ।
यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्म्मसमुद्भवः ॥ ७१ ॥
कर्म्म ब्रह्मोद्भवं विद्ध ब्रह्माक्षरसमुद्भवम् ।
तस्मात् सर्व्वगतं ब्रह्म नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम् ॥ ७२ ॥
एवं प्रवर्त्तितं चक्रं नानुवर्त्तयतीह यः ।
अघायुरिन्द्रियारामो मोघं देवाः ! स जीवति ॥ ७३ ॥
दैवमेवापरे यज्ञं योगिनः पर्य्युपासते ।

करें और आपलोग उनको सम्वर्द्धित करें इसी प्रकार परस्पर सम्वर्द्धित होकर सब कल्याण प्राप्त करेंगे ॥ ६८ ॥ आपलोग यज्ञसे सम्वर्द्धित होकर उनको अभिलषित भोग प्रदान करेंगे इसलिये आपके दिये भोगोंको आपलोगोंको अर्पण किये विना ही जो भोगता है वह चोर ही है ॥ ६९ ॥ यज्ञका अवशिष्ट भोजन करनेवाले सज्जनगण सब पापोंसे मुक्त हो जाते हैं किन्तु जो अपने ही लिये भोजन बनाते हैं वे पापिगण पापको ही भोजन करते हैं ॥ ७० ॥ जीवसमूह अन्नसे उत्पन्न होते हैं, अन्न वृष्टि होनेसे उत्पन्न होता है और यज्ञसे वृष्टि होती है एवं यज्ञ कर्म्म द्वारा सम्पन्न होता है ॥ ७१ ॥ कर्म्मको ब्रह्म (वेद) द्वारा उत्पन्न समझो और ब्रह्म (वेद) अक्षर (ब्रह्म) से उत्पन्न है इसलिये सर्व्वव्यापी ब्रह्म यज्ञमें नित्य प्रतिष्ठित है ॥ ७२ ॥ इस लोकमें जो इस प्रकार प्रवर्त्तित चक्रका अनुसरण नहीं करता है,हे देवगण!इन्द्रियासक्त पापजीवन वह व्यक्ति व्यर्थ जीता है ॥ ७३ ॥ कितने योगिगण दैवयज्ञकी ही उपासना करते हैं, कोई

ब्रह्माग्नावपरे यज्ञं यज्ञेनैवोपजुह्वति ॥ ७४ ॥
श्रोत्रादीनीन्द्रियाण्यन्ये संयमाग्निषु जुह्वति ।
शब्दादीन् विषयानन्ये इन्द्रियाग्निषु जुह्वति ॥ ७५ ॥
सर्व्वाणीन्द्रियकर्म्माणि प्राणकर्म्माणि चापरे ।
आत्मसंयमयोगाग्नौ जुह्वति ज्ञानदीपिते ॥ ७६ ॥
द्रव्ययज्ञास्तपोयज्ञा योगयज्ञास्तथाऽपरे ।
स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः ॥ ७७ ॥
अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथाऽपरे ।
प्राणापानगती रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः ॥ ७८ ॥
अपरे नियताहाराः प्राणान् प्राणेषु जुह्वति ॥
सर्व्वेऽप्येते यज्ञविदो यज्ञक्षपितकल्मषाः ॥ ७९ ॥
यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति ब्रह्म सनातनम् ।

कोई यज्ञरूप उपाय द्वारा ब्रह्मरूपी अग्निमें यज्ञको सम्पन्न करते हैं ॥ ७४ ॥ और कोई २ योगी संयमरूपी अग्निमें अपनी श्रवण आदि इन्द्रियोंका हवन करते हैं और कितने योगिगण इन्द्रियरूपी अग्निमें शब्द आदि विषयोंको हवन करते हैं ॥ ७५ ॥ कितने योगिगण ज्ञानके द्वारा प्रज्वालित आत्मसंयमरूप योगाग्निमें सम्पूर्ण इन्द्रियकर्म्म और प्राणकर्म्मोंका हवन करते हैं ॥ ७६ ॥ कोई कोई द्रव्यदानरूपी यज्ञ, कोई तपोयज्ञ और कोई योगयज्ञके अनुष्ठाता हैं तथा नियममें दृढ़ रहनेवाले यतिगण स्वाध्याय और ब्रह्मज्ञानरूपी यज्ञका अनुष्ठान करते हैं ॥ ७७ ॥ अन्य कोई कोई अपानमें प्राण और प्राणमें अपानका हवन करते हैं और इस प्रकारसे प्राण अपानकी गतिको जय करके प्राणायामपरायण होजाते हैं ॥ ७८ ॥ अन्य कोई कोई नियताहारी होकर प्राणमें प्राणको हवन करते हैं। यज्ञके द्वारा निष्पाप, यज्ञका अवशिष्ट अमृत भोजन करनेवाले सब यज्ञवेत्ता सनातन ब्रह्मको ही प्राप्त होते हैं। हे देवतागण ! जो लोग

नायं लोकोऽस्त्ययज्ञस्य कुतोऽन्यस्त्रिदिवौकसः ! ॥ ८० ॥
एवं बहुविधा यज्ञा वितता ब्रह्मणो मुखे।
कर्म्मजान् विद्धि तान् सर्व्वानेवं ज्ञात्वा विमोक्ष्यते॥ ८१ ॥
श्रेयान् द्रव्यमयाद् यज्ञाज् ज्ञानयज्ञोऽमृतान्धसः ! ।
सर्वं कर्म्माखिलं देवाः ! ज्ञाने परिसमाप्यते ॥ ८२ ॥
अश्रद्दधाना जीवा वै धर्म्मस्यास्य सुधाशनाः ! ।
अप्राप्य मां निवर्त्तन्ते मृत्युसंसारवर्त्मनि ॥ ८३ ॥
त्रैविद्या मां सोमपाः पूतपापाः,
यज्ञैरिष्ट्वा स्वर्गतिं प्रार्थयन्ते।
ते पुण्यमासाद्य सुरेन्द्रलोक-
मश्नन्ति दिव्यान् दिवि देवभोगान् ॥ ८४ ॥
ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं
क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति।

यज्ञानुष्ठानसे रहित हैं न उनका इहलोक है और न उनका परलोक ही है॥७९-८०॥ ब्रह्मके जाननेवालोंके मुखसे इसप्रकारसे बहुप्रकारके यज्ञोंका विस्तार हुआ है उन सबको कर्म्मसे उत्पन्न जानो, ऐसा जानकर तुम मुक्तिको प्राप्त होगे॥ ८१ ॥ हे अमृतभोजी देवतागण ! द्रव्यमय यज्ञसे ज्ञानयज्ञ श्रेष्ठ है क्योंकि ज्ञानमें ही सब कर्म्मोंकी पूर्ण-रूपसे परि समाप्ति हुआ करती है ॥८२॥ हे सुधाके पान करनेवाले देवतागण ! इस धर्म्ममें अश्रद्धा करनेवाले जीवगण मुझको न प्राप्त करके मृत्युमय संसारमार्गमें लौट आते हैं ॥८३॥ वेदत्रयके अनुसार कर्म्मकाण्डपरायण अर्थात् सकामकर्मीगण यज्ञद्वारा मेरा यजन करके (यज्ञशेषरूपी) सोमपान करते हुए और निष्पाप होते हुए स्वर्गगतिकी प्रार्थना करते हैं, वे लोग पुण्यस्वरूप इन्द्रलोकमें पहुंच कर वहां दिव्य देवभोगसमूह भोग करते हैं॥ ८४ ॥ वे उन विपुल स्वर्गसुखसमूहको भोग करनेके अनन्तर पुण्य क्षीण होने-

एवं त्रयीधर्म्ममनुप्रपन्ना-
गतागतं कामकामा लभन्ते ॥ ८५ ॥
अहं हि सर्वयज्ञानां भोक्ता च प्रभुरेव च ।
न तु मामभिजानन्ति तत्त्वेनातश्च्यवन्ति ते ॥ ८६ ॥
सम्पत्तिमासुरीं प्राहुरधर्म्मस्य विवर्द्धिनीम् ।
धर्म्मप्रवर्द्धिनीं दैवीं सम्पत्तिं तद्वदेव हि ॥ ८७ ॥
तस्मात्सर्व्वैर्हि युष्माभिर्देवैः श्रेयोऽभिकाङ्क्षिभिः ।
कर्त्तव्य आश्रयो दैव्याः सम्पत्तेरेव सर्वदा ॥ ८८ ॥
अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः ।
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम् ॥ ८९ ॥
अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम् ।
दया भूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं ह्रीरचापलम् ॥ ९० ॥
तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता ।

पर मृत्युलोकमें लौट आते हैं और वेदत्रयविहित धर्म्मोंको अवलम्बन करके भोगकी इच्छा करते हुए (आवागमनचक्रमें) आया जाया करते हैं ॥ ८५ ॥ मैंही सब यज्ञोंका भोक्ता और प्रभु हूँ परन्तु वे लोग मेरे यथार्थ स्वरूपको नहीं जानते हैं इस कारण उनकी पुनरावृत्ति होती है ॥ ८६ ॥ आसुरी सम्पत्तिको अधर्म्म वर्द्धिनी कहते हैं और उसी प्रकार दैवी सम्पत्तिको धर्म्मवर्द्धिका कहते हैं इस कारण सर्वदा कल्याण चाहनेवाले आप सबको दैवी सम्पत्तिका ही आश्रय लेना उचित है ॥ ८७-८८ ॥ हे देवतागण ! भयशून्यता, चित्तकी प्रसन्नता, आत्मज्ञानके उपायोंमें निष्ठा, दान, इन्द्रियसंयम, यज्ञ, स्वाध्याय, तप, सरलता, अहिंसा, सत्य, क्रोधका न होना, त्याग, शान्ति, खलताका त्याग, सब भूतोंपर दया, लोभका त्याग, अहङ्कारका त्याग, ह्री अर्थात् पापकर्म्मसे लज्जा, चपलताका त्याग, तेजस्विता, क्षमा, धैर्य्य, शौच, द्रोहका त्याग और अपने

भवन्ति सम्पदं दैवीमभिजातस्य निर्ज्जराः ! ॥ ९१ ॥
दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च।
अज्ञानश्चाभिजातस्य देवाः ! सम्पदमासुरीम् ॥ ९२ ॥
दैवी सम्पाद्विमोक्षाय निबन्धायासुरी मता।
नैव शोचत भो देवाः ! दैवीं सम्पदमास्थिताः ॥ ९३ ॥
द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च।
दैवो विस्तरशः प्रोक्त आसुरं शृणुतामराः ! ॥ ९४ ॥
प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च जना न विदुरासुराः।
न शौचं नापि चाचारो न सत्यं तेषु विद्यते ॥ ९५ ॥
असत्यमप्रतिष्ठञ्च जगदाहुरनीश्वरम्।
अपरस्परसम्भूतं किमन्यत् कामहैतुकम् ॥ ९६ ॥

पूज्य होनेके अभिमानका अभाव, ये सब धर्म्मवृत्तियां दैवी सम्पत्ति-वाले व्यक्तियोंमें हुआ करती हैं॥ ८६-९१ ॥ हे देवगण ! दम्भ, दर्प, अहङ्कार, क्रोध, निष्ठुरता, अविवेक, ये सब पाप सम्बन्धीय वृत्तियां आसुरी सम्पत्तिवाले व्यक्तियोंमें हुआ करती हैं ॥ ९२ ॥ दैवी सम्पत्तियां मोक्षका कारण होती हैं और आसुरी सम्पत्तियां बन्धनका कारण हुआ करती हैं। इस कारण हे देवतागण ! आपलोग चिन्ता ही न करो क्योंकि आपलोग दैवी सम्पत्तिमें स्थित हो ॥ ९३ ॥ हे अमरगण ! इस संसारके प्राणियोंमें दैवीभाव और आसुरीभाव रूपसे दोप्रकारकी सृष्टि है। इनमेंसे दैवी भावका विस्तारित विवरण कहागया है अब आसुरी भावका विवरण मुझसे सुनो॥९४॥ आसुरी प्रकृत्ति वाले व्यक्तिगण प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनोंको नहीं जानते हैं इस कारण उनमें न शौच है न आचार है और न सत्यहै॥९५॥ वे असुरभावापन्न लोग कहते हैं कि यह जगत् असत्य है, धर्म्माधर्म्म व्यवस्थाशून्य अप्रतिष्ठ है, ईश्वर शून्य है, विनापरम्परा सम्बन्धके यूंही अचानक उत्पन्न हुआ है, इसका और कुछभी कारण नहीं है केवल

एतां दृष्टिमवष्टभ्य नष्टात्मानोऽल्पबुद्धयः ।
प्रभवन्त्युग्रकर्म्माणः क्षयायं जगतोऽहिताः ॥ ९७ ॥
काममाश्रित्य दुष्पूरं दम्भमानमदान्विताः ।
मोहाद्गृहीत्वा सद्ग्राहान् प्रवर्त्तन्तेऽशुचिव्रताः ॥ ९८ ॥
चिन्तामपरिमेयाञ्च प्रलयान्तामुपाश्रिताः ।
कामोपभोगपरमा एतावदिति निश्चिताः ॥ ९९ ॥
आशापाशशतैर्बद्धाः कामक्रोधपरायणाः ।
ईहन्ते कामभोगार्थमन्यायेनार्थसञ्चयान् ॥ १०० ॥
इदमद्य मया लब्धमिदं प्राप्स्ये मनोरथम् ।
इदमस्तीदमपि मे भविष्यति पुनर्धनम् ॥ १०१ ॥
असौ मया हतः शत्रुर्हनिष्ये चापरानपि ।
ईश्वरोऽहमहं भोगी सिद्धोऽहं बलवान् सुखी ॥ १०२ ॥

स्त्री पुरुषके कामसे उत्पन्न है ॥ ९६ ॥ ये सब अल्पबुद्धि असुरगण ऐसे विचारोंको आश्रय करके मलिनचित्त उग्रकर्मा और अहितकारी होकर जगत्के नाशके लिये उत्पन्न होते हैं ॥ ९७ ॥ वे लोग पूर्ण नहीं होनेवाली कामनाओंको आश्रय करके, दम्भ अभिमान और गर्वसे युक्त होकर, मोहसे दुराग्रहोंको धारण करके अपवित्र व्रतोंको धारण करते हुए (अकार्य्योंमें) प्रवृत्त हुआ करते हैं ॥ ९८ ॥ मरणकाल-पर्य्यन्त व्यापिनी अपरिमित चिन्ताको आश्रय करते हुए कामभोग-परायण होकर "यह कामभोगही परमपुरुषार्थ है" ऐसा निश्चय करते हुए सैकड़ों आशारूपी पाशोंमें बंधकर और कामक्रोधपरायण होते हुए वेलोग कामभोगके लिये अन्यायपूर्व्वक अर्थसञ्चयकी इच्छा करते हैं ॥९९-१००॥ आज मुझको यह लाभ हुआ, यह मनोरथ प्राप्त होगा, मेरा यह धनहै और यह धन भी मेरा होगा, मेरे द्वारा इस शत्रुका नाश हुआ है, और शत्रुओंका भी नाश करूंगा, मैं ईश्वर हूं, मैं भोगी हूं, मैं सिद्ध हूं, मैं बलवान् हूं, मैं सुखी हूँ, मैं धनवान् हूं, मैं कुलीन हूं, मेरे समान

आढ्योऽभिजनवानस्मि कोऽन्योऽस्ति सदृशो मया।
यक्ष्ये दास्यामि मोदिष्य इत्यज्ञानविमोहिताः ॥ १०३ ॥
अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजालसमावृताः।
प्रसक्ताः कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ ॥ १०४ ॥
आत्मसम्भाविताः स्तब्धा धनमानमदान्विताः।
यजन्ते नामयज्ञैस्ते दम्भेनाविधिपूर्वकम् ॥ १०५ ॥
अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधञ्च संश्रिताः।
मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोऽभ्यसूयकाः ॥ १०६ ॥
तानहं द्विषतः क्रूरान् संसारे प्राणिनोऽधमान्।
क्षिपाम्यजस्रमशुभानासुरीष्वेव योनिषु ॥ १०७ ॥
आसुरीं योनिमापन्ना मूढ़ा जन्मनि जन्मनि।
मामप्राप्यैव गीर्वाणास्ततो यान्त्यधमां गतिम् ॥ १०८ ॥

और कौन है, मैं यज्ञ करूंगा, मैं दान करूँगा, मैं हर्षको प्राप्त होऊंगा इस प्रकारसे वे अज्ञानसे विमोहित व्यक्तिगण अनेक विषयोंमें अपने चित्तको फसाये हुए विक्षिप्त रहते हैं और मोहमय जालसे आवृत होकर और कामभोगमें आसक्त होकर अपवित्र नरकमें पड़ते हैं ॥ १०१–१०४ ॥ अपने आपकोही बड़े और पूज्य मानते हुए, अविनयी, धनादिकके अभिमानसे अभिमानित और गर्वित होकर वे दम्भके साथ नाममात्रके यज्ञोंद्वारा अविधिपूर्व्वक यजन किया करते हैं ॥ १०५ ॥ अहङ्कार, बल, दर्प, काम और क्रोधको अवलम्बन करते हुए अपने देहमें और औरोंके देहमें रहनेवाला जो मैं हूँ उससे द्वेष करते हुए सच्चे पथके चलनेवाले साधुलोगोंके गुणोंकी निन्दा किया करते हैं ॥ १०६ ॥ मैं संसारमें मेरी हिंसा करनेवाले इन सब क्रूर अधम अशुभ व्यक्तियोंको आसुरीयोनियोंमें ही निरन्तर गिराया करता हूँ ॥१०७॥ हे देवतागण! वे मूढ़गण जन्म जन्ममें आसुरीयोनि प्राप्त करके मुझे प्राप्त न करकेही और भी अधमगतिको प्राप्त होते हैं ॥१०८॥

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥ १०९ ॥
एतैर्विमुक्तो जीवस्तु तमोद्वारैस्त्रिभिः खलु।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम्॥ ११० ॥
यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्त्तते कामकारतः।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्॥ १११ ॥
तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं वः कार्य्याकार्य्यव्यवस्थितौ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म्म कर्त्तुमिहार्हथ॥ ११२ ॥
दैवीभावस्य रक्षायै आसुरीभावतो भयात्।
मयैव वर्णधर्म्मस्य कृता सृष्टिर्दिवौकसः!॥ ११३ ॥
प्रवृत्तिरोधको वर्णधर्म्मः सत्त्वविवर्द्धकः।
स्वधर्म्मरक्षकस्तद्वद्दैवीसम्पत्प्रवर्त्तकः॥ ११४ ॥
ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणाञ्च सुधाभुजः!।

काम, क्रोध और लोभ, नरकके ये तीन प्रकारके द्वार हैं, ये तीनों आत्मज्ञानके नाशक हैं इस कारण इन तीनोंको त्याग कर देना चाहिये ॥ १०९ ॥ नरकके द्वाररूपी इन तीनोंसे ही विमुक्त जीव अपना मङ्गल करनेवाला आचरण करता है और तदन्तर परमगतिरूपी मोक्षको प्राप्त करता है ॥ ११० ॥ जो व्यक्ति शास्त्रविधिको त्याग करके स्वेच्छानुकूल कार्य्य में प्रवृत्त होता है वह सिद्धि शान्ति और मोक्षको प्राप्त नहीं हो सक्ता ॥ १११ ॥ इस कारण इस विश्वमें यह कार्य्य है और यह अकार्य्य है इसकी व्यवस्था करनेमें शास्त्रही आपके लिये प्रमाण है। शास्त्र-विधानोक्त कर्म्मको जानकर उसको कर सक्ते हो ॥ ११२ ॥ हे देव-गण! आसुरी भावके भयसे दैवी भावकी रक्षा करनेके लिये मैंने ही वर्णधर्म्मकी सृष्टि की है ॥ ११३ ॥ वर्णधर्म्म प्रवृत्तिरोधक सत्त्वगुण-वर्द्धक स्वधर्म्मरक्षक और दैवीसम्पत्तिप्रवर्त्तक है ॥ ११४ ॥ हे देवगण! ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्रगणके कर्म्मसमूह पूर्व

कर्म्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवैर्गुणैः ॥ ११५ ॥
शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च ।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म्म स्वभावजम् ॥ ११६ ॥
शौर्य्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम् ।
दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म्म स्वभावजम् ॥ ११७ ॥
कृषिगोरक्षवाणिज्यं वैश्यकर्म्म स्वभावजम् ।
परिचर्य्यात्मकं कर्म्म शूद्रस्यापि स्वभावजम् ॥ ११८ ॥
स्वे स्वे कर्म्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभतेऽखिलाः ।
स्वकर्म्मनिरतः सिद्धिं श्रूयतां विन्दते यथा ॥ ११९ ॥
यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम् ।
स्वकर्म्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति साधकः ॥ १२० ॥
श्रेयान् स्वधर्म्मो विगुणः परधर्म्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वभावनियतं कर्म्म कुर्वन्नाप्नोति किल्विषम् ॥१२१ ॥

जन्म के संस्कार से उत्पन्न गुण द्वारा विशेषरूपसे विभक्त हैं ॥११५॥ शम, दम, तपस्या, शौच, क्षमा, सरलता, ज्ञान, विज्ञान और आस्तिक्य, ये सब ब्राह्मणगण के स्वाभाविक कर्म्म हैं ॥ ११६ ॥ शौर्य्य, तेज, धृति, दक्षता, युद्धसे नहीं भागना, दान और प्रभुताकी शक्ति, ये सब क्षत्रियजातिके स्वाभाविक कर्म्म हैं ॥ ११७ ॥ कृषि, पशुपालन और वाणिज्य, ये वैश्यजातिके स्वाभाविक कर्म्म हैं और परिचर्य्यात्मक कर्म्म शूद्रजातिका भी स्वाभाविक कर्म्म है ॥ ११८ ॥ अपने अपने कर्म्ममें निष्ठावान् सब व्यक्ति सिद्धिको प्राप्त करते हैं। स्वकर्ममें निरत व्यक्ति जिस प्रकार से सिद्धिको प्राप्त करता है सो सुनो ॥११९॥ जिनसे जीवोंकी प्रवृत्ति अर्थात् चेष्टाका उदय होता है और जो इस सम्पूर्ण विश्वमें व्याप्त हैं, स्वकर्म्मके द्वारा साधक उनकी अर्चना करके सिद्धि प्राप्त करता है॥ १२० ॥ अपना धर्म्म यदि सदोष भी हो तो वह पूर्णरूपसे अनुष्ठित परधर्म्मकी अपेक्षा श्रेष्ठ है क्योंकि स्वभावसे निश्चित कर्म्मको करताहुआ जीव पापको प्राप्त नहीं होता है ॥ १२१ ॥

सहजं कर्म्म विबुधाः ! सदोषमपि न त्यजेत् ।
सर्वारम्भा हि दोषेण धूमेनाग्निरिवावृताः ॥१२२॥
असक्तबुद्धिः सर्वत्र जितात्मा विगतस्पृहः ।
नैष्कर्म्यसिद्धिं परमां सन्न्यासेनाधिगच्छति ॥ १२३ ॥
विशिष्टचेतना जीवाः सुराः ! त्रिगुणभेदतः ।
चतुर्ष्वेवाऽधिकारेषु विभक्ताः सन्ति सर्व्वदा ॥ १२४ ॥
राक्षसा असुरा देवाः कृतविद्याश्च ते मताः ।
केवलं तम आश्रित्य विपरीतं प्रकुर्व्वते ॥ १२५ ॥
कर्म्म तान्राक्षसानाहुर्गुणभेदविदो बुधाः ।
रजोद्वारेण ये जीवा इन्द्रियासक्तचेतसः ॥ १२६ ॥
तमःप्रधानं विषयबहुलं कर्म्म कुर्व्वते ।
असुरास्ते समाख्याता देवाञ्छृणुत देवताः ! ॥ १२७ ॥
रजःसाहाय्यमाश्रित्य कर्म्म सत्त्वप्रधानकम् ।

हे देवतागण ! सदोष होनेपर भी सहज अर्थात् स्वभावसे उत्पन्न कर्म्मको त्याग नहीं करना चाहिये क्योंकि जिसप्रकार अग्निको धूम ढककर रहता है उसी प्रकार सब कर्म्मही दोषसे आवृत हैं ॥१२२॥ सब विषयोंमें अनासक्तबुद्धि, जितात्मा और इच्छारहित व्यक्ति सन्न्यास अर्थात् आसक्ति और कर्म्मफलके त्याग द्वारा परमोन्नत नैष्कर्म्य सिद्धिको प्राप्त करता है ॥१२३॥ हे देवतागण ! त्रिगुणके भेदसे विशिष्टचेतन जीव सर्वदा चारही अधिकारोंमें विभक्त हैं॥ १२४ ॥ उन्हींको राक्षस असुर देवता और कृतविद्य कहते हैं। केवल तमोगुणके आश्रित होकर जो विपरीत कर्म्म करते हैं उनको गुणभेदके जाननेवाले विद्वान्लोग राक्षस कहते हैं। जो जीव इन्द्रियासक्त चित्त होकर रजोगुणके द्वारा तमोन्मुख विषयबहुल कर्म्म करते हैं वे असुर हैं। देवाधिकारके जीवोंका लक्षण सुनो, जो विषयवासना रखते हुए रजकी सहायता लेकर सत्त्वो-

विषयाच्छन्नमतयः कुर्व्वते ते विचक्षणाः ॥ १२८ ॥
शुद्धसत्वे स्थिता ये स्युः कृतविद्या मतास्तु ते।
अहं तु कृतविद्येषु ह्यादर्शोऽस्मि सुरर्षभाः ! ॥ १२९ ॥
यतो विद्या ममाधीना वर्त्तते सन्ततं ध्रुवम्।
दृष्टिश्चेद् युष्मदीया मां प्रत्येव सततं भवेत् ॥ १३० ॥
तदा वश्च्यवनं नैव भयं वा न भविष्यति।
उन्नतिः क्रमशो नूनं युष्माकं च भविष्यति ॥ १३१ ॥

इति श्रीविष्णुगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे
देवविष्णुसम्वादे सृष्टिसृष्टिधारकयोगवर्णनं
नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥

न्मुख कर्म्ममें प्रवृत्त होते हैं वे विचक्षण व्यक्ति देवता कहलाते हैं ॥१२५-१२८॥ और जो शुद्ध सत्त्वगुणमें स्थित हैं वे कृतविद्य कहाते हैं। हे देवतागण ! मैं ही कृतविद्योंका आदर्श हूँ क्योंकि विद्या सदा मेरे अधीन ही रहती है। हे देवतागण ! यदि आपलोगोंकी दृष्टि सदा मेरी ही ओर रहे तो आपलोगोंका न पतन होगा और न आपको भय होगा और आपलोगोंकी क्रमशः उन्नति अवश्य होगी ॥ १२९-१३१ ॥

इस प्रकार श्रीविष्णुगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी योग शास्त्रमें
देव महाविष्णु सम्वादात्मक सृष्टिसृष्टिधारकयोगवर्णन
नामक द्वितीय अध्याय समाप्त हुआ।

गुणभावविज्ञानयोगवर्णनम् ।

देवा ऊचुः ॥ १ ॥

देवादिदेव ! धर्म्माभिप्रवर्त्तक ! महाप्रभो ! ।
लोकोत्तरगतिं तद्वद्रहस्यं परमाद्भुतम् ॥ २ ॥
ज्ञात्वा धर्म्मस्य जाताः स्मः कृतकृत्या वयं विभो ! ॥
जगद्गुरो ! चतुर्भेदा भेदतस्त्रिगुणस्य ये ॥ ३ ॥
विशिष्टचेतनापन्नजीवानां कथितास्त्वया ।
त्रिगुणानां हि तेषां वै स्वरूपं गुणभेदतः ॥ ४ ॥
धर्म्माङ्गानाञ्च सर्वेषामाचाराणां तथा प्रभो ! ।
वर्णयन्नः प्रधानानां भेदानुपदिशाखिलान् ॥ ५ ॥
येन द्रष्टुं वयं सर्वे भवन्तं शक्नुमः सदा ।
भावातीतं गुणातीतमवाङ्मनसगोचरम् ॥ ६ ॥

देवतागण बोले ॥ १ ॥

हे देवादिदेव ! हे धर्म्मके प्रवर्त्तक ! हे महाप्रभो ! हे विभो ! धर्म्म-की लोकोत्तर गति और परम अद्भुत रहस्य समझकर हमलोग कृत्यकृत्य हुए। हे जगद्गुरो ! त्रिगुणके भेदसे आपने विशिष्टचेतन जीवोंके जो चार भेद वर्णन किये हैं, हे प्रभो ! उन्हीं त्रिगुणोंका स्वरूप और त्रिगुणोंके विचारसे धर्म्मके सब अङ्गों और प्रधान आचारोंके सम्पूर्ण भेदोंका वर्णन करते हुए हमको ऐसा उपदेश देवें कि जिससे हम सब भावोंसे अतीत, गुणोंसे अतीत और मन वाणीसे अगोचर आपको हरसमय देखनेका सामर्थ्य प्राप्त कर सकें ॥ २-६ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ७ ॥

लीनाऽव्यक्तदशायां मे प्रकृतिर्मयि सर्वदा ।
तथा व्यक्तदशायां सा प्रकटीभूय सर्वतः ॥ ८ ॥
त्रिगुणानां तरङ्गेषु स्वभावाद्धि तरङ्गति ।
नैवात्र संशयः कोऽपि वर्त्तते विबुधर्षभाः ! ॥ ९ ॥
सत्त्वं रजस्तम इति गुणाः प्रकृतिसंभवाः ।
निबध्नन्ति सुपर्व्वाणो देहे देहिनमव्ययम् ॥ १० ॥
तत्र सत्त्वं निर्मलत्वात्प्रकाशकमनामयम् ।
सुखसङ्गेन बध्नाति ज्ञानसङ्गेन चानघाः ! ॥ ११ ॥
रजो रागात्मकं वित्त तृष्णासङ्गसमुद्भवम् ।
तन्निबध्नाति भो देवाः ! कर्म्मसङ्गेन देहिनम् ॥ १२ ॥
तमस्त्वज्ञानजं वित्त मोहनं सर्व्वदेहिनाम् ।
प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति निर्ज्जराः ! ॥ १३ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ७ ॥

मेरी प्रकृति अव्यक्त दशामें मुझमें सर्व्वदा लीन रहती है और व्यक्त दशामें वह प्रकट होकर स्वभावसेही त्रिगुण तरङ्गसे सब ओर तरङ्गित होने लगती है। हे देवतागण! इसमें कुछ सन्देह नहीं है॥८-९॥ हे देवतागण! सत्त्व रज और तम ये तीन गुण प्रकृतिसे उत्पन्न होकर देहोंमें स्थित निर्विकार देहीको आबद्ध किया करते हैं॥१०॥ हे पापरहितो! इन तीनों गुणोंमेंसे निर्मल होनेके कारण, प्रकाशक और दोषरहित सत्त्वगुण सुखासक्तिके द्वारा और ज्ञानसंगके द्वारा बद्ध करता है ॥ ११ ॥ हे देवतागण ! रजोगुणको रागात्मक, और तृष्णासक्तिसे उत्पन्न जानना, वह देहीको कर्म्मासक्तिके द्वारा आबद्ध किया करता है ॥ १२ ॥ हे देवतागण ! तमोगुणको अज्ञानसे उत्पन्न और सब प्राणियोंमें भ्रम उत्पन्न करनेवाला जानो, वह प्रमाद अनुद्यम और चित्तकी अवसन्नताके द्वारा देहीको आबद्ध करता है।

सत्त्वं सुखे सञ्जयति रजः कर्म्मणि चामराः ! ।
ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे सञ्जयत्युत ॥ १४ ॥
रजस्तमश्चाभिभूय सत्त्वं प्रभु भवत्यलम् ।
रजः सत्त्वं तमश्चैव तमः सत्त्वं रजस्तथा ॥ १५ ॥
सर्व्वद्वारेषु देहेऽस्मिन् प्रकाश उपजायते ।
ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्त्वमित्युत ॥ १६ ॥
लोभः प्रवृत्तिरारम्भः कर्म्मणामशमः स्पृहा ।
रजस्येतानि जायन्ते विवृद्धे विबुधर्षभाः ! ॥ १७ ॥
अप्रकाशोऽप्रवृत्तिश्च प्रमादो मोह एव च ।
तमस्येतानि जायन्ते विवृद्धे सुरसत्तमाः ! ॥ १८ ॥
यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत् ।
तदोत्तमविदां लोकानमलान् प्रतिपद्यते ॥ १९ ॥

॥ १३ ॥ हे देवतागण ! सत्त्वगुण जीवको सुखमें आबद्ध करता है, रजोगुण कर्म्ममें आवद्ध करता है और तमोगुण ज्ञानको आवरण करके प्रमादमें आबद्ध करता है ॥ १४ ॥ रज एवं तमोगुणको दबा करके सत्त्वगुण बलवान् होता है, सत्त्व एवं तमोगुणको परास्त करके रजोगुण प्रबल होता है और सत्त्व एवं रजोगुणको दबाकरके तमोगुण प्रबल होता है ॥ १५ ॥ जब इस देहमें श्रोत्रादि सब द्वारोंमें ज्ञानमय प्रकाश होता है तब सत्त्वगुणकी विशेष वृद्धि हुई है ऐसा जानना चाहिये ॥ १६ ॥ हे देवतागण ! लोभ, प्रवृत्ति अर्थात् सर्व्वदा सकाम कर्म्म करनेकी इच्छा, कर्म्मोंका आरम्भ अर्थात् उद्यम, अशम अर्थात् अशान्ति एवं स्पृहा अर्थात् विषयतृष्णा, ये सब रजोगुण बढ़ने पर उत्पन्न होते हैं ॥ १७ ॥ हे देवश्रेष्ठो ! विवेकभ्रंश, उद्यमहीनता, कर्त्तव्यके अनुसन्धानका न रहना और मिथ्या अभिमान ये सब तमोगुणके बढ़ने पर उत्पन्न होते हैं ॥ १८ ॥ यदि सत्त्वगुणके विशेषरूपसे बढ़नेपर जीव मृत्युको प्राप्त हो तब वह ब्रह्मवेत्ताओंके प्रकाशमय लोकोंको प्राप्त होता है अर्थात् उसकी उत्तम गति होती है ॥ १९ ॥

रजसि प्रलयं गत्वा कर्म्मसंगिषु जायते ।
तथा प्रलीनस्तमसि मूढ़योनिषु जायते ॥ २० ॥
कर्म्मणः सुकृतस्याहुः सात्त्विकं निर्मलं फलम् ।
रजसस्तु फलं दुःखमज्ञानं तमसः फलम् ॥ २१ ॥
सत्त्वात् संजायते ज्ञानं रजसो लोभ एव च ।
प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च ॥ २२ ॥
ऊर्द्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः ॥ २३ ॥
नान्यं गुणेभ्यः कर्त्तारं यदा द्रष्टानुपश्यति ।
गुणेभ्यश्च परं वेत्ति मद्भावं सोऽधिगच्छति ॥ २४ ॥
गुणानेतानतीत्य त्रीन् देही देहसमुद्भवान् ।
जन्ममृत्युजरादुःखैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते ॥ २५ ॥

रजोगुणकी वृद्धिके समय मृत्यु होनेपर कर्म्मासक्त मनुष्यलोकमें जन्म होता है एवं तमोगुण बढ़नेपर मृतव्यक्ति (पशु प्रेत आदि) मूढ़ योनियोंमें जन्म लेता है ॥ २० ॥ सुकृत अर्थात् सात्त्विक कर्म्मका सात्त्विक और निर्मल फल है, राजसकर्म्मका फल दुःख और तामस कर्म्मका फल अज्ञान अर्थात् मूढ़ता है, ऐसा ज्ञानीलोग कहते हैं ॥ २१ ॥ सत्त्वसे ज्ञानोत्पत्ति होती है,रजसे लोभ उत्पन्न होता है और तमोगुणसे प्रमाद अविवेक और अज्ञान उत्पन्न होता है ॥ २२ ॥ सत्त्वप्रधान व्यक्ति उर्द्ध्वलोकको जाते हैं, रजोगुण प्रधान व्यक्ति मध्यलोकमें रहते हैं और निकृष्टगुणावलम्बी तामसिक व्यक्ति अधोलोकमें जाते हैं ॥ २३ ॥ जब ज्ञानी व्यक्ति गुणके अतिरिक्त और किसीको कर्त्ता करके नहीं देखता है और गुणसे परे जो गुणका दर्शक आत्मा है उसको जानता है वह मुझको प्राप्त होजाता है ॥ २४ ॥ देहसे उत्पन्न इन तीनों गुणोंको अतिक्रमण करके जन्ममृत्युजरारूप दुःखोंसे

प्रकाशञ्च प्रवृत्तिञ्च मोहमेव च निर्जराः !
न द्वेष्टि सम्प्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति ॥ २६ ॥
उदासीनवदासीनो गुणैर्यो न विचाल्यते ।
गुणा वर्त्तन्त इत्येवं योऽवतिष्ठति नेङ्गते ॥ २७ ॥
समदुःखसुखः स्वस्थः समलोष्टाश्मकाञ्चनः ।
तुल्यप्रियाप्रियो धीरस्तुल्यनिन्दात्मसंस्तुतिः ॥ २८ ॥
मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः ।
सर्व्वारम्भपरित्यागी गुणातीतः स उच्यते ॥ २९ ॥
माञ्च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ ३० ॥

मुक्त होकर देही परमानन्दको प्राप्त हो जाता है॥२५॥ हे देवतागण ! प्रकाश, प्रवृत्ति और मोह (तीनों गुणोंके यथाक्रम कार्य्य) से सब गुणकार्य्य प्रारम्भ होनेपर जो व्यक्ति द्वेष नहीं करता है और इनके निवृत्त होनेपर जो इनमें इच्छा नहीं रखता है वह गुणातीत कहाता है ॥ २६ ॥ जो उदासीन अर्थात् केवल साक्षीरूपसे स्थित है और गुणोंसे जो विचलित नहीं होता है और गुणसमूह अपना अपना कार्य्य करते हैं ऐसा समझकर जो स्थिर रहता है और स्वयं चेष्टा नहीं करता है वह गुणातीत कहाता है ॥ २७ ॥ जिसको सुखदुःख समान हैं, जो आत्मामें अवस्थित है, जिसके लिये मिट्टीका ढेला पत्थर और सुवर्ण सब समान हैं, जिसके निकट प्रिय और अप्रिय दोनों समान हैं, जिसने अपनी इन्द्रियोंको जय करलिया है और जिसके निकट निन्दा और स्तुति दोनों समान हैं वह गुणातीत कहाता है ॥ २८ ॥ जो मान अपमान में समभाव रखता है, जो मित्र और शत्रुके विषयमें समभाव रखता है और सब कर्म्मोंके आरम्भका त्याग करनेवाला है अर्थात् जो नवीन कर्म्म नहीं करता वह गुणातीत कहाता है ॥ २९ ॥ और जो एकान्त भक्तियोगके द्वारा मेरी सेवा करता है वह इन गुणोंको विशेषरूपसे अतिक्रमण करके

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाऽहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्म्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च ॥ ३१ ॥
धर्म्मस्य साम्प्रतं देवाः ! विशेषाणां ब्रवीम्यहम्।
अङ्गानां त्रिविधं रूपं युष्माभिरवधार्य्यताम् ॥ ३२ ॥
यज्ञो दानं तपस्त्रीणि धर्म्माङ्गानि प्रधानतः।
तेषु यज्ञः प्रधानं स्यात्तस्य भेदास्त्रिधा मताः ॥ ३३ ॥
ज्ञानोपासनकर्म्माणि यदुक्तानि मनीषिभिः।
सर्वशास्त्रेषु निष्णातैस्तत्त्वज्ञानाब्धिपारगैः ॥ ३४ ॥
विशिष्टचेतनायुक्ता नराद्या जीवजातयः।
स्वस्वाभाविकयोः सौख्यैश्वर्य्ययोस्त्यागतो ध्रुवम् ॥ ३५ ॥
अदृष्टशक्तिं परमां यां लभन्ते सुरर्षभाः !।
तमेव यज्ञं संप्राहुः सर्व्वे तत्त्वविवेचकाः ॥ ३६ ॥
एतेषामेव सर्वेषामङ्गानां क्रमशः सुराः !।
शृणुध्वं त्रिविधान् भेदान् वच्म्यहं गुणभेदतः ॥ ३७ ॥

ब्रह्मभावको प्राप्त होता है ॥ ३० ॥ क्योंकि मैं नित्यस्थित और मोक्ष-स्वरूप ब्रह्मके प्रतिष्ठा (स्थिति) का स्थान हूं, मैंही सनातनधर्म्म और ऐकान्तिक सुखका स्थान हूं ॥ ३१ ॥ हे देवतागण ! अब मैं धर्म्मके विशेष विशेष अङ्गोंका त्रिविध स्वरूप वर्णन करता हूं आपलोग ध्यानपूर्वक सुनिये ॥ ३२ ॥ धर्म्मके प्रधान तीन अंग हैं, यज्ञ तप और दान। उनमें मुख्य अङ्ग जो यज्ञ है उसके तीन भेद हैं ॥३३॥ ज्ञान कर्म्म और उपासना, इस बातको सर्वशास्त्रनिष्णात तत्त्वज्ञानी पण्डितोंने कहा है ॥ ३४ ॥ हे देवतागण ! विशिष्टचेतन मनुष्य आदि जीवगण अपने स्वाभाविक सुख और ऐश्वर्य्यके त्याग द्वारा जो परम अदृष्ट शक्ति अवश्य प्राप्त करते हैं उसीको तत्त्वविवेचक लोग 'यज्ञ कहते हैं ॥ ३५-३६ ॥ हे देवतागण ! इन्हीं सब अङ्गोंके त्रिविध भेदोंको क्रमशः बतलाता हूं, आपलोग समाहितचित्त होकर सुनिये ॥ ३७ ॥

दातव्यमिति यद्दानं दीयतेऽनुपकारिणे ।
देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्त्विकं स्मृतम् ॥ ३८ ॥
यत्तु प्रत्युपकारार्थं फलमुद्दिश्य वा पुनः ।
दीयते च परिक्लिष्टं तद्राजसमुदाहृतम् ॥ ३९ ॥
अदेशकाले यद्दानमपात्रेभ्यश्च दीयते ।
असत्कृतमवज्ञातं तत्तामसमुदाहृतम् ॥ ४० ॥
श्रद्धया परया तप्तं तपस्तत्त्रिविधं सुराः ! ।
अफलाकाङ्क्षिभिर्युक्तैः सात्त्विकं परिचक्षते ॥ ४१ ॥
सत्कारमानपूजार्थं तपो दम्भेन चैव यत् ।
क्रियते तदिह प्रोक्तं राजसं चलमध्रुवम् ॥ ४२ ॥
मूढ़ग्राहेणात्मनो यत् पीड़या क्रियते तपः ।
परस्योत्सादनार्थम्वा तत्तामसमुदाहृतम् ॥ ४३ ॥
नियतं सङ्गरहितमरागद्वेषतः कृतम् ।

"दान करना उचित है" इस विचारसे देश काल और पात्रकी विवेचना करके प्रत्युपकार करनेमें असमर्थ व्यक्तिको जो दान किया जाता है वह सात्त्विदान कहा गया है ॥ ३८ ॥ किन्तु जो दान प्रत्युपकारके लिये अथवा फलकी चाहना करके कष्टपूर्वक दिया जाता है उस दानको राजस दान कहते हैं ॥ ३९ ॥ देश और कालकी विवेचना न करके, सत्कारशून्य और तिरस्कारपूर्वक अपात्रोंको जो दान दिया जाता है वह तामस दान कहाता है ॥ ४० ॥ हे देवगण ! आत्मामें अवस्थित व्यक्तियोंके द्वारा परम श्रद्धापूर्वक और फल-कामना रहित होकर अनुष्ठित शारीरिक वाचनिक और मानसिक तपको सात्त्विक कहते हैं ॥ ४१ ॥ सत्कार मान और पूजाके लिये एवं दम्भपूर्वक जो तपस्याकी जाती है इस लोकमें अनित्य और क्षणिक वह तपस्या राजस कही जाती है ॥ ४२ ॥ अविवेकके वश होकर दूसरोंके नाशके अर्थ वा आत्मपीड़ाके द्वारा जो तपस्या की जाती है उसको तामस कहते हैं ॥ ४३ ॥ निष्काम व्यक्तियोंके

अफलप्रेप्सुना कर्म्म यत्तत्सात्त्विकमुच्यते ॥ ४४ ॥
यत्तु कामेप्सुना कर्म्म साहङ्कारेण वा पुनः ।
क्रियते बहुलायासं तद्राजसमुदाहृतम् ॥ ४५ ॥
अनुबन्धं क्षयं हिंसामनपेक्ष्य च पौरुषम् ।
मोहादारभ्यते कर्म्म यत्तत्तामसमुच्यते ॥ ४६ ॥
मुक्तसङ्गोऽनहंवादी धृत्युत्साहसमन्वितः ।
सिद्ध्यसिद्ध्योर्निर्विकारः कर्त्ता सात्त्विक उच्यते ॥ ४७ ॥
रागी कर्म्मफलप्रेप्सुर्लुब्धो हिंसात्मकोऽशुचिः ।
हर्षशोकान्वितः कर्त्ता राजसः परिकीर्त्तितः ॥ ४८ ॥
अयुक्तः प्राकृतः स्तब्धः शठोऽनैष्कृतिकोऽलसः ।
विषादी दीर्घसूत्री च कर्त्ता तामस उच्यते ॥ ४९ ॥
उपास्तेः प्राणरूपा या भक्तिः प्रोक्ता दिवौकसः ! ।
गुणत्रयानुसारेण सा त्रिधा वर्त्तते ननु ॥ ५० ॥

द्वारा नियमितरूपसे विहित, आसक्तिशून्य और रागद्वेषरहित होकर जो कर्म्म किया जाता है उसे सात्त्विक कर्म कहते हैं ॥ ४४ ॥ फलाकाङ्क्षी या अहङ्कारयुक्त व्यक्तियोंके द्वारा बहुत आयाससे जो कर्म्म कियाजाता है उसको राजस कहते हैं ॥ ४५ ॥ परिणाममें बन्धन, नाश, हिंसा और सामर्थ्य इन सबकी उपेक्षा करके मोहवश जो कर्म प्रारम्भ किया जाता है उसको तामस कहते हैं ॥ ४६ ॥ आसक्तिशून्य, "अहं" इस अभिमानसे शून्य, धैर्य्य और उत्साहयुक्त, सिद्धि और असिद्धिमें विकारशून्य कर्त्ता सात्त्विक कहाजाता है ॥ ४७ ॥ विषयानुरागी, कर्मफलाकाङ्क्षी, लोभी, हिंसाशील, अशुचि, (लाभालाभमें) आनन्द और विषादयुक्त कर्ता राजस कहा जाता है ॥ ४८ ॥ इन्द्रियासक्त, विवेकहीन, उद्धत, शठ, निष्कृतिशून्य, आलस्य युक्त, विषाद युक्त और दीर्घसूत्री कर्त्ता तामस कहा जाता है ॥४९॥ हे देवगण! उपासना की जो प्राणरूपा भक्ति कही गई है वह भक्ति तीन गुणोंके अनुसार निश्चय तीन प्रकारकी है ॥ ५० ॥

अर्त्तानां तामसी सा स्याज्जिज्ञासूनाञ्च राजसी।
सात्त्विक्यर्थार्थिनां ज्ञेया उत्तमा सोत्तरोत्तरा ॥ ५१ ॥
भूतप्रेतपिशाचादीनासुरं भावमाश्रितान्।
अर्चन्ति तामसा भक्ता नित्यं तद्भावभाविताः ॥ ५२ ॥
सकामा राजसा ये स्युः ऋषीन् पितॄंश्च देवताः।
बह्वीर्दैवीश्च मे शक्तीः पूजयन्तीह ते सदा ॥ ५३ ॥
केवलं सात्त्विका ये स्युर्मद्भक्ताः साधका इह।
त एव ज्ञात्वा मद्रूपं मम भक्तौ सदा रताः ॥ ५४ ॥
पञ्चानां सगुणानां ते मद्रूपाणां समाश्रयात्।
मद्ध्यानमग्नास्तिष्ठन्ति निर्गुणं ह्यथवा मम ॥ ५५ ॥
सच्चिदानन्दभावं तं भावं परममाश्रिताः।
मम ध्यानाम्बुधौ मग्ना नन्दन्ति नितरां सुराः ! ॥ ५६ ॥
ज्ञानी भक्तस्तु भगवद्रूप एव मतो यतः।
गुणातीतस्य तस्यात्र न निवेशो विधीयते ॥ ५७ ॥

आर्त्तभक्तोंकी भक्ति तामसी, जिज्ञासु भक्तोंकी भक्ति राजसी और अर्थार्थी भक्तोंकी भक्ति सात्त्विकी जानना चाहिये। इन तीन प्रकारकी भक्तियोंमें उत्तरोत्तर श्रेष्ठ है ॥ ५१ ॥ तामसिक भक्त आसुरीसम्पत्तियुक्त भूत प्रेत पिशाचादिकी उपासना तत्तद्भावोंमें भावित होकर नित्य करते हैं ॥५२॥ सकाम राजसिक भक्त ऋषि देवता और पितर एवं मेरी बहुतसी दैवीशक्तियोंकी उपासना सदा करते हैं ॥५३॥ इस संसारमें केवल जो साधक मेरे सात्त्विक भक्त हैं वेही मेरे रूपको जानकर सदा मेरी भक्तिमें तत्पर रहते हैं ॥ ५४ ॥ वे मेरे पांच सगुण रूपोंके आश्रयसे मेरे ध्यानमें मग्न रहते हैं अथवा मेरे निर्गुण परमभावरूप उस सच्चिदानन्द भावका आश्रय करके मेरे ध्यानरूप समुद्रमें मग्न होकर हे देवगण ! अत्यन्त आनन्द उपभोग करते हैं ॥ ५५-५६ ॥ और चतुर्थ ज्ञानी भक्त तो भगवद्रूपही है क्योंकि वह गुणातीत है अतः उसका यहां विचार नहीं किया गया है ॥ ५७ ॥

श्रद्धावान् साधको यश्च भोगमैहिकमेव हि ।
विशेषतः समीहेत दम्भाहङ्कारसंयुतः ॥ ५८ ॥
इष्टं वेदविधिं हित्वा मदुपासनतत्परः ।
विज्ञेयो लक्षणादस्मात् तामसः स उपासकः ॥ ५९ ॥
यः श्रद्धालुर्विशेषेण पारलौकिकमेव हि ।
सुखमिच्छँस्तथा शीलगुणराशियुतो यदि ॥ ६० ॥
वेदानुसारतः सक्तो मदुपास्तौ हि साधकः ।
राजसः स हि विज्ञेय उपासक इति स्मृतिः ॥ ६१ ॥
सात्त्विक्या श्रद्धया युक्तो भाग्यवान् विबुधर्षभाः !।
वितृष्णो लौकिकाद्भोगात्तद्वद्वै पारलौकिकात् ॥ ६२ ॥
साधकोऽनन्यया वृत्त्या ज्ञानतो निरतः सदा ।
मदुपास्तौ स विज्ञेयः सात्त्विकोपासको वरः ॥ ६३ ॥
सर्व्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते ।
अविभक्तं विभक्तेषु तज्ज्ञानं वित्त सात्त्विकम् ॥ ६४ ॥

जो श्रद्धावान् साधक ऐहलौकिक भोगकी ही विशेषरूपसे इच्छा करे, दम्भ और अहङ्कारसे युक्त हो और उपयुक्त वेदविधिका त्याग करके मेरी उपासनामें तत्पर हो, इन लक्षणोंसे उस उपासकको तामसिक उपासक जानना चाहिये ॥ ५८-५९ ॥ जो श्रद्धालु साधक पारलौकिक सुखको ही विशेषरूपसे चाहता हुआ यदि शीलगुणोंसे युक्त होकर वेदविधिके अनुसार मेरी उपासनामें आसक्त रहता है तो उसको राजसिक उपासक जानना चाहिये, ऐसा स्मृतिकारोंका मत है ॥ ६०-६१ ॥ हे देवश्रेष्ठो ! जो भाग्यवान् साधक सात्त्विकी श्रद्धासे युक्त होकर ऐहलौकिक और पारलौकिक भोगोंकी तृष्णासे रहित होता हुआ ज्ञानपूर्व्वक अनन्यवृत्तिसे मेरी उपासनामें सदा तत्पर रहता है उसको श्रेष्ठ सात्त्विक उपासक जानना चाहिये ॥ ६२-६३ ॥ जिस ज्ञानके द्वारा विभक्त रूप सब भूतोंमें अविभक्त, एक और विकारहीन भाव ज्ञानी देखता है उस ज्ञानको सात्त्विक ज्ञान जानो ॥ ६४ ॥

पृथक्त्वेन तु यज्ज्ञानं नानाभावान् पृथग्विधान् ।
वेत्ति सर्व्वेषु भूतेषु तज्ज्ञानं वित्त राजसम् ॥ ६५ ॥
यत्तु कृत्स्नवदेकस्मिन् कार्य्ये सक्तमहैतुकम् ।
अतत्त्वार्थवदल्पञ्च तत्तामसमुदाहृतम् ॥ ६६ ॥
सुराः ! शृणुध्वमधुना सम्बन्धात्त्रिगुणस्य ह ।
अन्यान्यपि रहस्यानि कानिचिद्वर्णयाम्यहम् ॥ ६७ ॥
सत्त्वावलम्बिनो यूयं शृण्वन्तो भवतादरात् ।
सत्त्वं क्रमाद्वर्द्धयद्भिर्नैस्त्रैगुण्ये च यत्यताम् ॥ ६८ ॥
अफलाकाङ्क्षिभिर्यज्ञो विधिदृष्टो य इज्यते ।
यष्टव्यमेवेति मनः समाधाय स सात्त्विकः ॥ ६९ ॥
अभिसन्धाय तु फलं दम्भार्थमपि चैव यत् ।
इज्यते विबुधश्रेष्ठाः ! तं यज्ञं वित्त राजसम् ॥ ७० ॥
विधिहीनमसृष्टान्नं मन्त्रहीनमदक्षिणम् ।

जो ज्ञान पृथक् रूपसे सब भूतोंमें पृथक् पृथक् प्रकारके नाना भाव जानता है उस ज्ञानको राजसिक ज्ञान जानो ॥ ६५ ॥ किन्तु जो एक कार्य्यमें परिपूर्णवत् आसक्त, हेतुशून्य, परमार्थरहित और अल्प अर्थात् तुच्छ ज्ञान है उसको तामस ज्ञान कहते हैं ॥ ६६ ॥ हे देवगण ! अब मैं त्रिगुणसम्बन्धसे अन्यान्य रहस्य कुछ वर्णन करता हूं सो सुनिये ॥ ६७ ॥ और आप उनको आदरपूर्व्वक सुनते हुए सत्त्वगुणावलम्बी होइये और क्रमशः सत्त्वगुणकी वृद्धि करते हुए गुणातीत पदके लिये प्रयत्न करिये ॥ ६८ ॥ फलाकाङ्क्षारहित व्यक्ति "यज्ञानुष्ठान अवश्य कर्तव्य कर्म है" ऐसा विचार कर और मनको समाहित करके जिस विधिविहित यज्ञको करते हैं उसको सात्त्विक कहते हैं ॥६९॥ किन्तु हे देवश्रेष्ठो ! फल मिलनेके उद्देश्यसे अथवा केवल अपने महत्त्वके प्रकट करनेके अर्थ जो यज्ञ किया जाता है उस यज्ञ को राजस जानो ॥ ७० ॥ शास्त्रोक्त विधिसे रहित,

श्रद्धाविरहितं यज्ञं तामसं परिचक्षते ॥ ७१ ॥
प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च कार्य्याकार्य्ये भयाभये।
बन्धं मोक्षञ्च या वेत्ति बुद्धिः सा सात्त्विकी सुराः ! ॥ ७२ ॥
यया धर्म्ममधर्म्मञ्च कार्य्यञ्चाकार्य्यमेव च।
अयथावत् प्रजानाति बुद्धिः सा राजसी मता ॥ ७३ ॥
अधर्म्मं धर्म्ममिति या मन्यते तमसावृता।
सर्व्वार्थान् विपरीतांश्च बुद्धिः सा तामसी मता ॥ ७४ ॥
धृत्या यया धारयते मनःप्राणेन्द्रियक्रियाः।
योगेनाव्यभिचारिण्या देवाः ! सा सात्त्विकी धृतिः ॥ ७५ ॥
यया तु धर्म्मकामार्थान् धृत्या धारयतेऽमराः ! ।
प्रसङ्गेन फलाकांक्षी धृतिः सा राजसी मता ॥ ७६ ॥
यया स्वप्नं भयं शोकं विषादं मदमेव च।
न विमुञ्चति दुर्मेधा धृतिः सा तामसी सुराः ! ॥ ७७ ॥

(सत्पात्रमें) अन्नदानशून्य, मन्त्रहीन, दक्षिणाहीन और श्रद्धा-रहित यज्ञको तामस यज्ञ कहते हैं ॥ ७१ ॥ हे देवतागण ! प्रवृत्ति निवृत्ति, कार्य्य अकार्य्य, भय अभय और बन्ध मोक्ष जो जानती है वह सात्त्विकी बुद्धि है ॥ ७२ ॥ जिसके द्वारा धर्म्म अधर्म्म और कार्य्य अकार्य्य यथावत् परिज्ञात न हो उसको राजसी बुद्धि कहते हैं ॥ ७३ ॥ जो बुद्धि अधर्म्म को धर्म्म मानती है और सब विषयोंको विपरीत मानती है उस तमोगुणाच्छन्न बुद्धिको तामसी बुद्धि कहते हैं ॥७४॥ हे देवतागण ! योगके द्वारा विषयान्तर धारणा न करनेवाली जिस धृतिसे मन प्राण और इन्द्रियोंकी क्रिया धारण की जाती है अर्थात् नियमन होती है वह धृति सात्त्विकी धृति है ॥ ७५ ॥ हे देवतागण ! जिस धृतिके द्वारा (जीव) धर्म अर्थ और कामको धारण करता है एवं प्रसङ्गवश फलाकाङ्क्षी होता है उस धृतिको राजसी कहते हैं ॥ ७६ ॥ हे देवतागण ! विवेकहीन व्यक्ति जिसके द्वारा निद्रा, भय, शोक, विषाद और अहङ्कारका त्याग

स्मृतिं व्यतीतविषयां मतिमागामिगोचराम् ।
प्रज्ञां नवनवोन्मेषशालिनीं प्रतिभां विदुः ॥ ७८ ॥

द्रष्टुर्दृश्यस्योपलब्धौ क्षमा चेत् प्रतिभा तदा ।
सात्त्विकी सा समाख्याता सर्व्वलोकहिते रता ॥ ७९ ॥

यदा शिल्पकलायां सा पदार्थालोचने तथा ।
प्रसरेद्राजसी ज्ञेया तदा सा प्रतिभा बुधैः ॥ ८० ॥

साधारणं लौकिकञ्चैव सदसद्विमृशेत्तदा ।
तामसी सा समाख्याता प्रत्युत्पन्नमतिश्च सा ॥ ८१ ॥

त्रिविधा भवति श्रद्धा देहिप्रकृतिभेदतः ।
सात्त्विकी राजसी चैव तामसी च बुभुत्सवः ! ॥ ८२ ॥

तासान्तु लक्षणं देवाः ! शृणुध्वं भक्तिभावतः ।
श्रद्धा सा सात्त्विकी ज्ञेया विशुद्धज्ञानमूलिका ॥ ८३ ॥

नहीं करता है वही तामसी धृति है ॥७७॥ अतीत विषयोंसे सम्बन्ध रखनेवाली प्रज्ञाको स्मृति, आगामि विषयोंसे सम्बन्ध रखनेवाली प्रज्ञा को बुद्धि और नवीन नवीन (ज्ञान विज्ञानोंको) उद्भव करनेवाली प्रज्ञाको प्रतिभा कहते हैं ॥ ७८ ॥ जब द्रष्टा और दृश्यकी उपलब्धिमें प्रतिभा समर्थ होती है तब सब लोकोंके हितमें तत्पर वह प्रतिभा सात्त्विकी कही जाती है ॥ ७९ ॥ जब वह शिल्पकला और पदार्थोंकी आलोचनामें प्रसारको प्राप्त होती है तब उस प्रतिभाको बुधगण राजसी प्रतिभा जानते हैं ॥ ८० ॥ जब वह साधारण लौकिक सत् असत्का विचार करे तो उसको तामसी प्रतिभा कहते हैं और उसको प्रत्युत्पन्नमति भी कहते हैं ॥ ८१ ॥ हे जिज्ञासुओ ! प्राणियोंकी प्रकृतिके अनुसार श्रद्धा तीन प्रकारकी होती है, सात्त्विकी राजसी और तामसी ॥ ८२ ॥ हे देवतागण ! अब उनके लक्षण भक्ति भावसे सुनो । जो विशुद्धज्ञानमूलक श्रद्धा है उसको सात्त्विकी जानो ॥८३॥

प्रवृत्तिमूलिका चैव जिज्ञासामूलिका परा ।
विचारहीनसंस्कारमूलिका त्वन्तिमा मता ॥ ८४ ॥
वेदेष्वथ पुराणेषु तन्त्रेऽपि श्रुतिसम्मते ।
भयानकं रोचकं हि यथार्थमिति भेदतः ॥ ८५ ॥
वाक्यानि त्रिविधान्याहुस्तद्विदो मद्विभावकाः ।
श्रूयतां दत्तचित्तैर्हि तत्राऽस्त्येवं व्यवस्थितिः ॥ ८६ ॥
पापाच्चाऽज्ञानसम्भूताद्विषयाद्भीतिकृद्वचः ।
भयानकमिति प्राहुर्ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥ ८७ ॥
सुकृतेऽध्यात्मलक्ष्ये च रुचिकृद्वचनं सुराः ! ।
रोचकं तद्धि विज्ञेयं श्रुतौ तन्त्रपुराणयोः ॥ ८८ ॥
अध्यात्मतत्त्वसंश्लिष्टं तत्त्वज्ञानोपदेशकम् ।
वचो यथार्थं सम्प्रोक्तं यूयं जानीत निर्ज्जराः ! ॥ ८९ ॥
भयानकं वचो नित्यं तामसायाधिकारिणे ।

प्रवृत्ति और जिज्ञासामूलक श्रद्धा राजसी है और विचारहीन-संस्कारमूलक श्रद्धा तामसी कहीगई है ॥ ८४ ॥ वेद, पुराण और श्रुतिसम्मत तन्त्रोंमें भयानक रोचक और यथार्थ इन भेदोंसे तीन प्रकारके वाक्य मेरे भावोंसे भावित तत्त्ववेत्ताओंने कहे हैं। इस विषयमें निम्नलिखित प्रकारसेही व्यवस्था है सो चित्त लगाकर सुनिये ॥८५-८६॥ पापसे और अज्ञानसम्भूत विषयसे डर दिखानेवाले जो वचन हैं तत्त्वदर्शी ज्ञानिगण उनको भयानक कहते हैं ॥ ८७ ॥ हे देवगण ! पुण्यमें और अध्यात्म लक्ष्यमें रुचि उत्पन्न करनेवाले जो वचन वेद तन्त्र और पुराणोंमें हैं उनको रोचक जानना चाहिये ॥ ८८ ॥ अध्यात्मतत्त्वसे युक्त और तत्त्वज्ञानका उपदेश देनेवाले वचनको हे देवगण ! यथार्थ वचन कहते हैं ऐसा आप जानिये ॥ ८९ ॥ हे विबुधोत्तमो ! भयानक वचन सदाही तामसिक अधिकारीके लिये,

रोचकं राजसायैव यथार्थं सात्त्विकाय वै ॥ ९० ॥
विशेषतो हितकरं विज्ञेयं विबुधोत्तमाः ! ।
अतोऽधिकारभेदेन वचनं व्याहृतं सुराः ! ॥ ९१ ॥
श्रुतौ पुराणे तन्त्रे च त्रिधा वर्णनरीतयः ।
दृश्यन्ते क्रमशः सर्वास्ता वच्मि भवतां पुरः ॥ ९२ ॥
समाधिभाषा प्रथमा लौकिकी च तथाऽपरा ।
तृतीया परकीयेति शास्त्रभाषा त्रिधा स्मृता ॥ ९३ ॥
इतिहासमयी शश्वत्कर्णयोर्मधुराऽमला ।
मनोमुग्धकरी तद्वच्चित्ताह्लादविवर्द्धिनी ॥ ९४ ॥
धर्म्मसिद्धान्तसंयुक्ता समासबहुला न हि ।
ज्ञेया सा परकीयेति शास्त्रवर्णनपद्धतिः ॥ ९५ ॥
इमामज्ञानिने तद्वत्तामसायाऽधिकारिणे ।
विशेषतो हितकरीं प्राहुस्तत्तत्त्वदर्शिनः ॥ ९६ ॥

रोचक वचन राजसिक अधिकारीके ही लिये और यथार्थ वचन सात्त्विक अधिकारी के लिये ही विशेषरूपसे हितकर हैं ऐसा जानना चाहिये, इसलिये हे देवतागण ! शास्त्रोंमें अधिकारभेद से वचन कहेगये हैं ॥ ९०-९१ ॥ वेद पुराण और तंत्रों में तीन प्रकारकी वर्णन शैलियां देखी जाती हैं उन सबोंको आपलोगोंके सामने मैं क्रमशः कहता हूँ ॥ ९२ ॥ पहली समाधिभाषा, दूसरी लौकिकभाषा और तीसरी परकीयभाषा, इस प्रकारसे शास्त्रकी भाषा तीन प्रकारकी कहीगई है ॥ ९३ ॥ जिसमें निरन्तर इतिहास आवे, जो निर्मल और श्रुतिमधुर हो, जो मनको लुभानेवाली और इसी तरह चित्तके आह्लादको बढ़ानेवाली हो, जो धर्मसिद्धान्तोंसे युक्त हो और जिसमें जटिलता न हो उस शास्त्रवर्णनकी पद्धतिको परकीया जानना चाहियें ॥ ९४-९५ ॥ इस पद्धतिके तत्त्वदर्शीगण इसको अज्ञानीके लिये और इसी तरह तामसिक अधिकारीके लिये विशेष हितकरी

अतीन्द्रियाध्यात्मराज्यस्थितं विषयगह्वरम् ।
लौकिकीं रीतिमाश्रित्य वर्णयेद् याऽतिसंस्फुटम् ॥ ९७ ॥
तथा समाधिगम्यानां भावानां प्रतिपादिका ।
सा पूर्णा लौकिकैस्तद्वद्रसैर्भाषाऽस्ति लौकिकी ॥ ९८ ॥
इयं राजसिकायैव साधकायाधिकारिणे ।
सूतेऽधिकं सदा भव्यं सत्यं सत्यं दिवौकसः ! ॥ ९९ ॥
प्रकाशयति या ज्ञानं कार्य्यकारणब्रह्मणोः ।
समाधिसिद्धभावैर्या सम्पूर्णा सर्व्वतस्तथा ॥ १०० ॥
तत्त्वज्ञानमयी तद्वद्या हि वर्णनपद्धतिः ।
ज्ञेया समाधिभाषा सा सात्त्विकायोपकारिका ॥ १०१ ॥
श्रवणं मननं तद्वन्निदिध्यासनमेव च ।
एतत्त्रितयरूपो यः पुरुषार्थ इहोच्यते ॥ १०२ ॥
निवृत्तिमूलकं भूत्वा सक्तं ब्रह्मनिरूपणे ।

कहते हैं ॥ ९६ ॥ अतीन्द्रिय अध्यात्म राज्यमें स्थित गूढ़ विषयको लौकिकरीतिका आश्रय लेकर जो अच्छीतरह वर्णन करे तथा समाधिगम्य भावोंकी प्रतिपादिका हो और इसी तरह लौकिक रसोंसे भी पूर्ण हो वह भाषा लौकिकी भाषा है ॥ ९७-९८ ॥ हे देवतागण ! यह भाषा राजसिक अधिकार वाले ही साधकके लिये सदा अधिक कल्याण पैदा करती है, यह सत्य है सत्य है ॥ ९९ ॥ जो भाषा कार्य्य ब्रह्म और कारण ब्रह्मके ज्ञानको प्रकाशित करदेती है तथा जो भाषा सर्व्वत्र समाधिसिद्ध भावोंसे पूर्ण हो और इसी तरह जो वर्णनपद्धति तत्त्वज्ञानमयी हो उसको समाधिभाषा जानना चाहिये । वह सात्त्विक अधिकारीके लिये हितकरी है ॥१००-१०१॥ श्रवण मनन और निदिध्यासन, यह जो त्रितयरूप पुरुषार्थ जगत्में कहा जाता है वह सब त्रितयरूप पुरुषार्थ जब निवृत्ति

यदा चेत् त्रितयं सर्व्वं तदा तत् सात्त्विकं मतम् ॥ १०३ ॥
यदा तत्त्रयमुत्पत्तिस्थित्यत्ययस्वरूपिणि ।
भावे भावं समासाद्य द्वैतरूपं निषेवते ॥ १०४ ॥
तदा तं राजसं देवाः ! पुरुषार्थं प्रचक्षते ।
यो हि नास्तिकतामूलः स तामस उदाहृतः ॥ १०५ ॥
आयुःसत्त्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्द्धनाः ।
रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्त्विकप्रियाः ॥ १०६ ॥
कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः ।
आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोकामयप्रदाः ॥ १०७ ॥
यातयामं गतरसं पूति पर्य्युषितञ्च यत् ।
उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम् ॥ १०८ ॥
सुखं त्विदानीं त्रिविधं शृणुतामृतभोजिनः ! ।
अभ्यासाद्रमते यत्र दुःखान्तञ्च निगच्छति ॥ १०९ ॥

मूलक होकर ब्रह्मके निरूपणमें लगता है तब वह सात्त्विक माना जाता है ॥ १०२-१०३ ॥ हे देवतागण ! जब वह उत्पत्ति स्थिति लय-स्वरूप भावमें भावित होकर द्वैतरूपको प्राप्त होता है तब उस त्रितयरूप पुरुषार्थको राजसिक कहते हैं और जो नास्तिकता-मूलक त्रितयरूप पुरुषार्थ है वह तामसिक कहागया है ॥ १०४-१०५ ॥ आयु, सात्त्विकभाव, शक्ति, आरोग्य, चित्तप्रसाद और रुचिके बढ़ानेवाले, रसयुक्त एवं स्नेहयुक्त, जिनका सारांश देहमें स्थायीरूपसे रहे और चित्तको परितोष करनेवाले आहार सात्त्विक पुरुषोंके प्रिय होते हैं ॥ १०६ ॥ कटु, अम्ल, लवण (क्षार) अत्युष्ण, तीक्ष्ण, रूक्ष, विदाही ये सब दुःख सन्ताप और रोगप्रद आहार राजसिक व्यक्तियोंके प्रिय हैं॥१०७॥ एक पहर पहले बना हुआ (ठंडा) विरस, दुर्गन्धयुक्त, बासी, झूंठा और अपवित्र जो आहार है वह तामसिक व्यक्तियोंको प्रिय होता है ॥ १०८ ॥ हे देवतागण ! अब सुनो सुख भी तीन प्रकारका है । जिस सुखमें अभ्याससे अर्थात् स्वतः ही

यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् ।
तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम् ॥ ११० ॥

विषयेन्द्रियसंयोगाद्यत्तदग्रेऽमृतोपमम् ।
परिणामे विषमिव तत्सुखं राजसं स्मृतम् ॥ १११ ॥

यदग्रे चानुबन्धे च सुखं मोहनमात्मनः ।
निद्रालस्यप्रमादोत्थं तत्तामसमुदाहृतम् ॥ ११२ ॥

नियतस्य तु सन्न्यासः कर्म्मणो नोपपद्यते ।
मोहात्तस्य परित्यागस्तामसः परिकीर्त्तितः ॥ ११३ ॥

दुःखमित्येव यत्कर्म्म कायक्लेशभयात्त्यजेत् ।
स कृत्वा राजसं त्यागं नैव त्यागफलं लभेत् ॥ ११४ ॥

कार्य्यमित्येव यत्कर्म्म नियतं क्रियतेऽमराः ! ।
सङ्गं त्यक्त्वा फलं चैव स त्यागः सात्त्विको मतः ॥११५॥

परमानन्द लाभ करता है और दुःखका अन्त प्राप्त करता है, वह आदिमें विषवत् किन्तु परिणाममें अमृततुल्य और आत्मबुद्धिके प्रसादसे उत्पन्न सुख सात्त्विक कहाजाता है॥१०६–११०॥ विषय और इन्द्रियोंके संयोगसे आदिमें अमृततुल्य किन्तु परिणाममें विषतुल्य सुख राजस कहाजाता है ॥१११॥ निद्रा आलस्य और प्रमादसे उत्पन्न एवं आदि और अन्तमें चित्तमें मोह उत्पन्न करनेवाला जो सुख है उसे तामस कहते हैं ॥ ११२ ॥ नित्यकर्मका त्याग नहीं हो सक्ता, मोहवश जो नित्यकर्मका त्याग होता है उसे तामस त्याग कहते हैं ॥ ११३ ॥ जो व्यक्ति "दुःख होता है" ऐसा जानकर दैहिक क्लेशके भयसे कर्म त्याग करता है वह राजस त्याग करके त्यागका फल नहीं प्राप्त करता है ॥ ११४ ॥ हे देवतागण ! इन्द्रियसङ्ग और फलका त्याग करके " कर्त्तव्य " जानकर जो नियमपूर्वक कर्म किया जाता है वह त्याग सात्त्विक त्याग मानागया है ॥ ११५ ॥

न तदस्ति पृथिव्यां वा दिवि युष्मासु वा पुनः।
सत्त्वं प्रकृतिजैर्मुक्तं यदेभिः स्यात्त्रिभिर्गुणैः॥ ११६॥
त्रैगुण्यविषया वेदा निस्त्रैगुण्याः स्त निर्ज्जराः!।
निर्द्वन्द्वा नित्यसत्त्वस्था निर्योगक्षेमकात्मकाः॥ ११७॥
यावानर्थ उदपाने सर्व्वतः सम्प्लुतोदके।
तावान् सर्व्वेषु वेदेषु ब्राह्मणस्य विजानतः॥ ११८॥
चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्म्मविभागशः।
तस्य कर्त्तारमपि मां वित्ताकर्त्तारमव्ययम्॥ ११९॥
ये चैव सात्त्विका भावा राजसास्तामसाश्च ये।
मत्त एवेति तान् वित्त न त्वहं तेषु ते मयि॥ १२०॥
त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्व्वमिदं जगत्।
मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम्॥ १२१॥

पृथिवीमें स्वर्गमें वा आप लोगोंमें ऐसा जीव नहीं है जो प्रकृतिसे उत्पन्न इन तीन गुणोंसे छुटा हुआ हो॥११६॥हे देवतागण! सब वेदोंमें तीनों गुणोंका ही विषय है, तुम तीनों गुणोंसे रहित होजाओ, सुख-दुःखादि द्वन्द्वोंसे रहित हो जाओ, नित्य सत्त्वगुणमें रहो, अलब्ध वस्तुके लाभमें और लब्धवस्तुकी रक्षामें यत्नशून्य होजाओ एवं आत्मवान् अर्थात् अप्रमत्त होजाओ॥ ११७॥ सब स्थान जलमें डूब जानेपर क्षुद्र जलाशयसे जितना प्रयोजन रहता है, ब्रह्मनिष्ठ ब्रह्मज्ञको सब वेदोंसे उतनाही प्रयोजन रहता है॥ ११८॥ मैंने गुण और कर्म्मोंके विभाग द्वारा चारों वर्णोंकी सृष्टि की है, उनका कर्त्ता होने पर भी अव्यय होनेके कारण मुझको अकर्त्ता जानो॥ ११९॥ जो सब सात्त्विकभाव, राजसिकभाव एवं तामसिकभाव हैं वे सब मुझसेही उत्पन्न हुए हैं ऐसा उनको जानो। मैं उन सबमें नहीं हूँ परन्तु वे मुझमें हैं॥ १२०॥ इन तीन गुणमय भावोंसे मोहित यह सब जगत् इन सब भावोंसे अतीत एवं निर्विकारस्वरूप मुझको नहीं जानता

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ॥ १२२ ॥

देवा ऊचुः ॥ १२३ ॥

गुणत्रयस्य विज्ञानं गुरो ! तव मुखाम्बुजात् ।
कृतकृत्या वयं जाताः श्रुत्वा तन्महदद्भुतम् ॥ १२४॥
इदानीञ्च वयं सर्व्वे भवतः कृपया विभो ! ।
रजस्तमोऽभिसंसक्ता नाऽधःपातं व्रजेम हि ॥ १२५ ॥
कृपासिन्धो ! वयं येन ज्ञानेन त्रिगुणस्य वै ।
रहस्यं द्रष्टुमर्हाः स्मः प्रत्यक्षं सर्वदैव हि ॥ १२६ ॥
तथैव सर्व्वदाऽस्मासु शक्तिस्त्रिगुणदर्शिनी ।
विशेषतोऽनिशं तिष्ठेत्तज्ज्ञानं नः समादिश ॥ १२७ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ १२८ ॥

त्रिदशाः ! त्रिगुणैर्नित्यं सृष्टिस्थितिलया इमे ।

है ॥ १२१ ॥ यह मेरी सत्त्वादिगुणमयी अलौकिक माया निश्चयही दुस्तरा है, जो मुझको प्राप्त होते हैं वेही इस मायाको अतिक्रमण कर सक्ते हैं ॥ १२२ ॥

देवतागण बोले ॥ १२३ ॥

हे गुरो ! हमलोग उस अत्यन्त अद्भुत गुणत्रयके विज्ञानको आपके मुखकमलसे सुनकर कृतकृत्य हुए ॥ १२४ ॥ हे विभो ! अब हम सब आपकी कृपासे रजोगुण तमोगुणमें फंसकर अपनी अवनति नहीं करेंगे ॥ १२५ ॥ हे कृपानिधे ! हमें वह ज्ञान बताइये कि जिस ज्ञानसे हम त्रिगुणके रहस्यको प्रत्यक्ष करनेमें सदाही समर्थ हों और त्रिगुणको विशेषरूपसे निरन्तर देखनेकी शक्ति हमलोगोंमें सदा बनी रहे ॥ १२६-१२७ ॥

महाविष्णु बोले ॥ १२८ ॥

हे देवतागण ! त्रिगुणके द्वारा दृश्य प्रपञ्चके ये सृष्टि स्थिति लय

प्रपञ्चात्मकदृश्यस्य भवन्तीत्यवधार्य्यताम् ॥ १२९ ॥
त्रिभावैनैव ते सर्व्वे ज्ञायन्ते च विशेषतः।
त्रिभावव्यञ्जिका चाऽस्ति तत्त्वज्ञानोन्नतिः किल ॥ १३० ॥
मयि यत् सच्चिदानन्दरूपेणाऽस्ति दिवौकसः!।
मूलमध्यात्मभावस्याधिदैवस्य तथैव च ॥ १३१ ॥
अधिभूतस्य भावस्य ज्ञापकन्तु तदेव हि।
तटस्थज्ञानसाहाय्यात्त्रिगुणस्य मतं बुधाः! ॥ १३२ ।
अविद्याऽऽवरिका ज्ञेया मत्स्वरूपस्य निश्चितम्।
पुष्टिस्तस्याश्च रजसा तमसैव विजायते ॥ १३३ ॥
सत्त्वात्प्रकाशो विद्याया भवतीति विभाव्यताम्।
अविद्याऽऽव्रियते लोके यथा तच्छ्रूयतां सुराः! ॥ १३४ ॥
काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः।
महाशनो महापाप्मा वित्तैनमिह वैरिणम् ॥ १३५ ॥
धूमेनाव्रियते वह्निर्यथादर्शो मलेन च।

नित्य होते हैं सो जानो ॥ १२९ ॥ और त्रिभावके द्वाराही वे सब विशेषरूपसे जानेजाते हैं और तत्त्वज्ञानकी उन्नतिही त्रिभावव्यञ्जिका है ॥१३०॥ हे देवतागण! मुझमें जो सत् चित् और आनन्दरूपसे अध्यात्मभाव अधिदैवभाव और अधिभूतभावका मूल विद्यमान है, वही हे विज्ञो! तटस्थज्ञानकी सहायतासे त्रिगुणका ज्ञापक मानागया है ॥ १३१-१३२ ॥ मेरे स्वरूपज्ञानको आवरण करनेवाली अविद्याको ही जानो। रज और तमोगुणके द्वाराही अविद्याकी पुष्टि होती है ॥१३३॥ सत्त्वगुणके द्वारा विद्याका प्रकाश होता है सो जानो। हे देवतागण! संसारमें अविद्या जिस प्रकारसे आवरण करती है सो सुनो ॥ १३४ ॥ रजोगुणसम्भूत अत्युग्र और दुष्पूरणीय काम और क्रोध को इस संसारमें शत्रु समझो ॥ १३५ ॥ जिस प्रकार अग्नि धूम्रके द्वारा, शीशा मलके द्वारा और गर्भ जरायुके द्वारा आवृत रहता है

यथोल्वेनावृतो गर्भस्तथा तेनेदमावृतम् ॥ १३६ ॥
आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा।
कामरूपेण भो देवाः ! दुष्पूरेणानलेन च ॥ १३७ ॥
इन्द्रियाणि मनो बुद्धिरस्याधिष्ठानमुच्यते।
एतैर्विमोहयत्येष ज्ञानमावृत्य देहिनम् ॥ १३८ ॥
यूयं तदिन्द्रियाण्यादौ नियम्य विबुधर्षभाः !।
पाप्मानं प्रहतैनं हि ज्ञानविज्ञाननाशनम् ॥ १३९ ॥
इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥ १४० ॥
एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना।
हत शत्रुं सुरश्रेष्ठाः ! कामरूपं दुरासदम् ॥ १४१ ॥
नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः।
मूढोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम् ॥ १४२ ॥

उसी प्रकार आत्मज्ञान कामके द्वारा आवृत रहता है ॥ १३६ ॥ हे देवतागण ! ज्ञानीके नित्यवैरी इस दुष्पूरणीय कामरूप अग्निके द्वारा ज्ञान आच्छन्न है ॥ १३७ ॥ इन्द्रियां, मन और बुद्धि, इस कामके अधिष्ठान कहे जाते हैं, इन्हींके द्वारा यह ज्ञानको आच्छन्न करके देही-को मोहित किया करता है ॥ १३८ ॥ इस कारण हे देवश्रेष्ठो ! तुम पहिले इन्द्रियोंका संयम करके इस ज्ञानविज्ञाननाशक पापी काम-का नाश करो ॥ १३९ ॥ (देहकी अपेक्षा) इन्द्रियाँ श्रेष्ठ हैं, इन्द्रियोंकी अपेक्षा मन श्रेष्ठ है, मनकी अपेक्षा बुद्धि श्रेष्ठ है और जो बुद्धिसे श्रेष्ठ है वही आत्मा है ॥१४०॥ हे देवश्रेष्ठो ! इस प्रकार बुद्धि की अपेक्षा श्रेष्ठ (आत्मा) को जानकर और बुद्धिके द्वारा मनको संयत करके काम-रूप दुर्निवार शत्रुका नाश करो ॥ १४१ ॥ महामायाके द्वारा आवृत होनेके कारण मुझे सब नहीं देख सकते हैं । यह मूढ़ संसार मुझे

वेदाहं समतीतानि वर्त्तमानानि चामराः ! ।
भविष्याणि च भूतानि मान्तु वेद न कश्चन ॥ १४३ ॥
इच्छाद्वेषसमुत्थेन द्वन्द्वमोहेन निर्ज्जराः ! ।
सर्व्वभूतानि सम्मोहं सर्गे यान्त्यसुरारयः ! ॥ १४४ ॥
येषान्त्वन्तगतं पापं जनानां पुण्यकर्म्मणाम् ।
ते द्वन्द्वमोहनिर्मुक्ता भजन्ते मां दृढ़व्रताः ॥ १४५ ॥
जरामरणमोक्षाय मामाश्रित्य यतन्ति ये ।
ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म्म चाखिलम् ॥ १४६ ॥
साधिभूताधिदैवं मां साधियज्ञं च ये विदुः ।
प्रयाणकालेऽपि च मां ते विदुर्युक्तचेतसः ॥ १४७ ॥
देवा ऊचुः ॥ १४८ ॥
किं तद्ब्रह्म किमध्यात्मं किं कर्म्म परमेश्वर ! ।
अधिभूतञ्च किं प्रोक्तमधिदैवं किमुच्यते ॥ १४९ ॥

अजन्मा और अविनाशी नहीं जानता है ॥ १४२ ॥ हे देवतागण ! मैं भूत भविष्यत् और वर्त्तमानकालमें स्थित (सकल स्थावर जङ्गमात्मक) भूतोंको जानता हूँ परन्तु मुझको कोई नहीं जानता है॥१४३॥ हे असुरशत्रु देवतागण ! इच्छा और द्वेषसे सम्भूत द्वन्द्वके मोहसे सृष्टिकालमें सब जीव सम्मोहको प्राप्त होते हैं ॥ १४४ ॥ किन्तु जिन पुण्यात्मा व्यक्तियोंका पाप नष्ट होगया है वे द्वन्द्वजनित मोहसे रहित होकर दृढ़व्रत होते हुए मेरी भक्तिमें रत होते हैं ॥ १४५ ॥ जरा और मरणसे बचनेके लिये मेरा आश्रय करके जो प्रयत्न करते हैं वे उस ब्रह्मको, समस्त अध्यात्मको और समस्त कर्म्मको जानते हैं ॥१४६॥ जो मुझको अधिदैव अधिभूत और अधियज्ञके सहित जानते हैं मुझमें आसक्तचित्त वे मरणकालमें भी मुझको जानते हैं ॥ १४७॥

देवतागण बोले ॥ १४८ ॥

हे परमेश्वर ! वह ब्रह्म क्या है, अध्यात्म क्या है, कर्म्म क्या है, अधिभूत किसको कहा गया है, अधिदैव किसको कहते हैं, इस देहमें

अधियज्ञः कथं कोऽत्र देहेऽस्मिन् दैत्यसूदन !।
प्रयाणकाले च कथं ज्ञेयोऽसि नियतात्मभिः ॥ १५० ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ १५१ ॥

अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते।
भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्म्मसंज्ञितः ॥ १५२ ॥
अधिभूतं क्षरो भावः पुरुषश्चाधिदैवतम्।
अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृताम्वराः ! ॥ १५३ ॥
ओंतत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः।
ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च यज्ञाश्च विहिताः पुरा ॥ १५४ ॥
तस्मादोमित्युदाहृत्य यज्ञदानतपःक्रियाः।
प्रवर्त्तन्ते विधानोक्ताः सततं ब्रह्मवादिनाम् ॥ १५५ ॥

अधियज्ञ कौन है और कैसे वह इस देहमें स्थित है और हे दैत्य-सूदन ! आप मरणकालमें संयतात्मा व्यक्तियोंके द्वारा कैसे जानेजाते हैं ॥ १४६–१५० ॥

महाविष्णु बोले ॥ १५१ ॥

परम जो अक्षर (जिसका क्षय नहीं है अर्थात् जगत्का मूल कारण) वही ब्रह्म है, स्वभाव ही (आत्मभावही) अध्यात्म कहा जाता है, भूतभावोद्भवकर अर्थात् सकल प्राणिमात्रकी उत्पत्ति और स्थिति करनेवाला जो विसर्ग अर्थात् त्याग है वही कर्म्म है ॥ १५२ ॥ हे देहधारियोंमें श्रेष्ठो ! नाशवान् भाव (देहादि) अधिभूत हैं पुरुष (स्वांशभूत सब दैवीशक्तियोंका अधिपति) अधिदैव है और इन शरीरोंमें मैं ही अधियज्ञ (कूटस्थ चैतन्य) हूँ ॥ १५३ ॥ ओंतत्सत्, ये तीन ब्रह्मके नाम हैं, इन तीनोंके द्वारा पूर्व्वकालमें ब्राह्मण वेद और यज्ञोंकी सृष्टि हुई थी ॥ १५४ ॥ इसी कारण ओम्, यह शब्द उच्चारण करके ब्रह्मवादियोंके विधानोक्त (शास्त्रोक्त) यज्ञ दान और तपरूप कर्म्म निरन्तर सम्पन्न हुआ करते हैं ॥ १५५ ॥

तदित्यनभिसन्धाय फलं यज्ञतपःक्रियाः ।
दानक्रियाश्च विविधाः क्रियन्ते मोक्षकाङ्क्षिभिः ॥ १५६ ॥

सद्भावे साधुभावे च सदित्येतत् प्रयुज्यते ।
प्रशस्ते कर्म्मणि तथा सच्छब्दो युज्यतेऽमराः ! ॥ १५७ ॥

यज्ञे तपसि दाने च स्थितिः सदिति चोच्यते ।
कर्म्म चैव तदर्थीयं सदित्येवाभिधीयते ॥ १५८ ॥

अश्रद्धया हुतं दत्तं तपस्तप्तं कृतञ्च यत् ।
असदित्युच्यते देवाः ! न च तत् प्रेत्य नो इह ॥ १५९ ॥

तत्त्वज्ञानस्य यन्मूलं संक्षेपाच्छृणुतामराः ! ।
अवश्यमेव विज्ञेयमित्येतावत् सुरर्षभाः ! ॥ १६० ॥

प्रपञ्चमयदृश्येऽस्मिन् नास्ति किञ्चित्रिभावतः ।
रहितं वस्तु भावो हि कारणं गुणदर्शने ॥ १६१ ॥

मुमुक्षुगण फलाकांक्षा त्याग करके और तत् इस शब्दको उच्चारण करके विविध प्रकारके यज्ञ तप और दान कर्म्म करते हैं ॥१५६॥ हे देवतागण ! सद्भावमें (अस्तित्वमें) और साधुभावमें (साधुत्वमें) सत् इस शब्दका प्रयोग होता है एवं श्रेष्ठ कर्म्ममें भी सत् शब्द प्रयुक्त होता है ॥१५७॥ यज्ञ, तपस्या और दानकर्म्मोंमें लगे रहनेको भी सत् कहा जाता है और तदर्थीय कर्म्मको भी सत्‌ही कहते हैं ॥ १५८ ॥ हे देवतागण ! अश्रद्धापूर्वक होम करना, दान करना, तपस्या करना, एवं जो कुछ भी करना, असत् कहाजाता है, वह न परलोकमें और न इहलोकमें फलदायक होता है ॥ १५९ ॥ हे देवगण ! मैं संक्षेपसे तत्त्वज्ञानका मूल कहता हूं सुनो। इतना अवश्यही आपलोगोंको जानना उचित है कि इस प्रपञ्चमय दृश्यमें कोई पदार्थ भी त्रिभावसे रहित नहीं है; क्योंकि भाव ही गुणदर्शनका कारण है

प्रकृतिस्त्रिगुणा या मे प्रथमं त्रीन् गुणान् स्वकान्।
स्वस्मिन् सम्यक् विलय्यैव तदा सा मयि लीयते॥ १६२॥
आदौ देवाः! त्रयो भावाः स्थिताः स्वस्वस्वरूपतः।
पश्चादद्वैतरूपत्वमाश्रयन्तीति सम्मतम्॥ १६३॥
गुणदर्शनहेतुर्हि तस्माद्भावः प्रकीर्त्तितः।
साधकानां सुराः! भावो ह्यवलम्बनमन्तिमम्॥ १६४॥
ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।
मनःषष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति॥ १६५॥
शरीरं यदवाप्नोति यच्चाप्युत्क्रामतीश्वरः।
गृहीत्वैतानि संयाति वायुर्गन्धानिवाशयात्॥ १६६॥
श्रोत्रं चक्षुः स्पर्शनञ्च रसनं घ्राणमेव च।
अधिष्ठाय मनश्चायं विषयानुपसेवते॥ १६७॥

॥ १६०-१६१ ॥ त्रिगुणमयी मेरी प्रकृति पहिले तीनों अपने गुणोंको अपनेमें सम्यक् लय करके ही तब वह मुझमें विलीन होती है ॥ १६२ ॥ हे देवगण ! प्रथम तीनों भाव अपने अपने स्वरूपसे प्रकट रहकर पीछे अद्वैत रूपको आश्रय करते हैं, यह निश्चय है ॥ १६३ ॥ इस कारणसे भाव गुणदर्शनका हेतु कहागया है। हे देवतागण ! साधकोंका अन्तिम अवलम्बन भाव है ॥ १६४ ॥ मेरा ही अंश सनातन अर्थात् मायाके कारण सदा संसारीरूपसे प्रसिद्ध जीव, प्रकृतिमें स्थित मन और पञ्चेन्द्रियोंको जीवलोकमें आकर्षण करता है ॥ १६५ ॥ ईश्वर अर्थात् देही जिस शरीरको प्राप्त होता है और जिस शरीरको परित्याग करता है, जिस प्रकार वायु आशय अर्थात् कुसुमादिसे गन्धयुक्त सूक्ष्मांश ग्रहण करके जाता है उसी प्रकार (प्राप्त शरीरमें पूर्वपरित्यक्त शरीरसे) इन सब इन्द्रियादिकोंको लेकर जाता है ॥१६६॥ यह देही श्रोत्र चक्षु त्वक् रसना और घ्राण इन बाह्येन्द्रियोंपर और अन्तःकरणपर अधिष्ठान करके विषयोंका उपभोग

उत्क्रामन्तं स्थितम्वाऽपि भुञ्जानम्वा गुणान्वितम् ।
विमूढ़ा नानुपश्यन्ति पश्यन्ति ज्ञानचक्षुषः ॥ १६८ ॥

यतन्तो योगिनश्चैनं पश्यन्त्यात्मन्यवस्थितम् ।
यतन्तोऽप्यकृतात्मानो नैनं पश्यन्त्यचेतसः ॥ १६९ ॥

द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च ।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते ॥ १७० ॥

उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः ।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्त्यव्यय ईश्वरः ॥ १७१ ॥

यस्मात् क्षरमतीतोऽहमक्षरादपि चोत्तमः ।
अतोऽस्मि लोके वेदे च प्रथितः पुरुषोत्तमः ॥ १७२ ॥

यो मामेवमसम्मूढो जानाति पुरुषोत्तमम् ।
स सर्व्वविद्भजति मां सर्वभावेन निर्ज्जराः ! ॥१७३॥

करता है ॥ १६७ ॥ एक देहसे देहान्तरमें जानेवाले देहमें स्थित विषयोपभोगकारी और इन्द्रियादिसे युक्त देहीको विमूढ़ व्यक्ति नहीं देखते हैं किन्तु आत्मज्ञानी देखते हैं ॥ १६८ ॥ संयतचित्त योगिगण इस देहीको देहमें अवस्थित देखते हैं और (शास्त्रादि पाठ द्वारा) यत्नशील होनेपर भी आत्मतत्त्वानभिज्ञ मन्दमति इसको देख नहीं सक्ते ॥ १६९ ॥ क्षर और अक्षर नामक ये दो पुरुष लोकमें प्रसिद्ध हैं उनमेंसे सब भूतगण क्षर पुरुष और कूटस्थ चैतन्य अक्षर पुरुष कहाजाता है ॥१७०॥ इन क्षर और अक्षरसे अन्य उत्तम पुरुष परमात्मा कहे गये हैं जो ईश्वर और निर्विकार हैं एवं लोकत्रयमें प्रविष्ट होकर पालन करते हैं ॥ १७१ ॥ क्योंकि मैं क्षरसे अतीत हूँ, और अक्षरकी अपेक्षा भी उत्तम हूँ इसी कारण लोकमें और वेदमें पुरुषोत्तम (कहाजाकर) प्रसिद्ध हूँ ॥१७२॥ हे देवतागण ! इस प्रकार निश्चित बुद्धि होकर जो मुझको पुरुषोत्तम समझता है वह सर्व्वज्ञ

इति गुह्यतमं शास्त्रमिदमुक्तं मयाऽनघाः ! ।
एतद्बुद्ध्वा बुद्धिमान् स्यात् कृतकृत्यश्च देवताः ! ॥१७४॥

इति श्रीविष्णुगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे
देवमहाविष्णुसम्वादे गुणभावविज्ञानयोगवर्णनं
नाम तृतीयोऽध्यायः ।

व्यक्ति मुझकोही सर्वभावसे भजता है ॥ १७३ ॥ हे निर्दोष देवता-गण ! यह परमगुह्य शास्त्र मैंने कहा है इसको समझकर साधक सम्यक् ज्ञानी और कृतकृत्य होता है ॥ १७४ ॥

इस प्रकार श्रीविष्णुगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी योगशास्त्र-
में देवमहाविष्णुसम्वादात्मक गुणभावविज्ञानयोगवर्णन-
नामक तृतीय अध्याय समाप्त हुआ ।

कर्म्मयोगवर्णनम् ।

देवा ऊचुः ॥ १ ॥

जगद्गुरो ! देवदेव ! करुणावरुणालय ! ।
निर्भयाः स्मो वयं जाता उपदेशेन ते विभो ! ॥ २ ॥
रहस्यं जगतः सृष्टेस्त्रिगुणैर्जनितं तथा ।
सृष्टेर्विभागमेतस्याः यथावज्ज्ञानलब्धये ॥ ३ ॥
ज्ञात्वा भावरहस्यं च कृतकृत्यत्वमागताः ।
अतस्ते कृपया काऽपि पतिष्यामो भये न हि ॥ ४ ॥
स्वासीमकृपयेदानीमस्मानुपदिश प्रभो ! ।
सृष्टेर्निदानं किं देव ! तदुत्पत्तिः किमर्थिका ॥ ५ ॥
तस्याः प्रवर्त्तकः कोऽस्ति मूलनिर्मूलने स्फुटः ।
उपायः कश्च तद्ब्रूहि भवव्याधिनिवृत्तये ॥ ६ ॥

देवतागण बोले ॥ १ ॥

हे देवादिदेव ! हे जगद्गुरो ! हे करुणावरुणालय ! हे विभो ! आपके उपदेश द्वारा हम निर्भय हुए हैं ॥ २ ॥ संसारकी सृष्टिका रहस्य, त्रिगुणजनित सृष्टिका विभाग और उसके यथावत् ज्ञानके प्राप्त करनेके लिये भावका रहस्य समझकर हम कृतकृत्य हुए । अतः आपकी कृपासे हम किसी भी भयमें पतित नहीं होंगे ॥ ३-४ ॥ हे देव ! हे प्रभो ! आप अपनी असीम कृपा द्वारा हमको उपदेश दीजिये कि सृष्टिका मूल कारण क्या है ? क्यों सृष्टि उत्पन्न हुई है ? उस सृष्टिका प्रवर्त्तक कौन है ? और इसके मूलको निर्मूल करनेका स्पष्ट उपाय क्या है ? भवरोगकी निवृत्तिके लिये ये सब कहें ॥ ५-६ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ७ ॥

सृष्टिप्रवाहो विबुधाः ! मदिच्छातः प्रवर्त्तते ।
आद्यन्तरहितस्तद्वद्विस्तारावधिवर्जितः ॥ ८ ॥
निजानन्दप्रकाशाय साहाय्यात् सच्चितोः स्वयोः ।
स्वीयां शक्तिं महामायां स्वतः प्रकटयाम्यहम् ॥ ९ ॥
सैव शक्तिश्च मे देवाः ! जगतो जननी मता ।
किन्तु सर्व्वस्य जगतः स्थित्युत्पत्तिलयेष्वपि ॥ १० ॥
केवलं कारणं कर्म्म विज्ञेयं सुरसत्तमाः ! ।
जड़चेतनभेदेन मदीया प्रकृतिर्द्विधा ॥ ११ ॥
विद्या तु चेतना ज्ञेया जडाऽविद्या प्रकीर्त्तिता ।
त्रिगुणा सा समाख्याता तत एव च हेतुतः ॥ १२ ॥
कर्म्मोत्पत्तेर्हि सा हेतुर्भवतीत्यवधार्य्यताम् ।
परिणामात्तदुत्पत्तिस्त्रिगुणस्य मता सुराः ! ॥ १३ ॥
जैवैशसहजा भेदाः कर्म्मणस्तस्य कीर्त्तिताः ।

महाविष्णु बोले ॥ ७ ॥

हे देवगण ! अनादि अनन्त और जिसके विस्तारकी अवधि नहीं है ऐसा सृष्टि प्रवाह मेरी इच्छासे प्रवाहित रहता है॥८॥ मैं अपने आनन्दको प्रकाशित करनेकेलिये अपने सत् और चिद्भावकी सहायतासे अपनेमेंसे अपनी शक्ति महामायाको प्रकट करता हूं॥९॥ और हे देवगण ! वही मेरी शक्ति जगत्को प्रसव करती है ; परन्तु सम्पूर्ण जगत्की उत्पत्ति स्थिति और लयोंमें भी एकमात्र कारण कर्म्मही है ऐसा जानना चाहिये । जड़ और चेतन भेदसे मेरी प्रकृति दो प्रकारकी है ॥ १०-११॥ चेतनमयी विद्या कहाती है और जड़ा अविद्या कहाती है । वह त्रिगुणमयी है और त्रिगुणमयी होनेसे कर्म्मकी उत्पत्तिका कारण बनजाती है, सो जानो । हे देवगण ! त्रिगुणपरिणामसे ही कर्म्मोंकी उत्पत्ति मानी गई है ॥ १२-१३ ॥ कर्म्मके तीन भेद हैं,

कर्म्मणा सहजेन स्युर्ब्रह्माण्डानां त्रयः सदा ॥ १४ ॥
सृष्टिस्थितिलया एते क्रमशो ह्यमितौजसः ! ।
विशिष्टचेतना जीवाः सम्बद्धा जैवकर्म्मणा ॥ १५ ॥
कर्म्मणैशेन सम्बन्धः पितॄणां भवतां तथा ।
ऋषीणां चावताराणां सर्व्वेषां मे दिवौकसः ! ॥ १६ ॥
कर्म्मणी ऐशसहजे शुद्धे एव सदा मते ।
शुद्धाशुद्धविभेदस्तु जैवकर्म्मसु विद्यते ॥ १७ ॥
उभे एते समाख्याते कारणं पुण्यपापयोः ।
कामनाजनितावेतौ भेदौ हि परिकीर्त्तितौ ॥ १८ ॥
अनाद्यन्तो वासनायाः प्रवाहो ह्येव कारणम् ।
सृष्टेरनाद्यनन्तायाः प्रवाहस्य सुरर्षभाः ! ॥ १९ ॥
वासनानाशमात्रेण कर्म्मणोः सहजैशयोः ।
जैवस्य परिणामः स्याद्दशेयं कर्म्मयोगिनी ॥ २० ॥
नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते ।

उनको जैव, सहज और ऐश कहते हैं। हे विपुलबलशाली देवगण! सहज कर्म्म द्वारा ब्रह्माण्डोंके उत्पत्ति स्थिति और लय क्रमसे हुआ करते हैं, जैव कर्म्मके साथ विशिष्टचेतन जीवोंका सम्बन्ध है, और मेरे सब अवतारोंके साथ तथा पितृ ऋषि और आपलोगोंके साथ ऐश कर्म्मका सम्बन्ध है ॥ १४-१६ ॥ ऐश कर्म्म और सहज कर्म्म सदा शुद्धही होते हैं। जैव कर्म्मके दो भेद हैं, एक शुद्ध और एक अशुद्ध ॥ १७ ॥ ये दोनों कर्म्म पुण्य और पापके कारण होते हैं। ये दोनों भेद कामनाजनित कहे गये हैं ॥ १८ ॥ हे देवगण! अनादि अनन्त वासनाप्रवाह ही अनादि अनन्त सृष्टिप्रवाहका कारण है ॥ १९ ॥ वासनाके नाश होतेही जैवकर्म्म भी सहज कर्म्म और ऐश कर्म्मोंमें परिणत होजाता है। इस दशाको कर्म्मयोग कहते हैं ॥ २० ॥ इस निष्काम कर्म्मयोगमें प्रारम्भकी विफलता

स्वल्पमप्यस्य धर्म्मस्य त्रायते महतो भयात् ॥ २१ ॥
व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह यज्ञभुग्वराः ! ।
बहुशाखा ह्यनन्ताश्च बुद्धयोऽव्यवसायिनाम् ॥ २२ ॥
यामिमां पुष्पितां वाचं प्रवदन्त्यविपश्चितः ।
वेदवादरता देवाः ! नान्यदस्तीति वादिनः ॥ २३ ॥
कामात्मानः स्वर्गपरा जन्मकर्म्मफलप्रदाम् ।
क्रियाविशेषबहुलां भोगैश्वर्य्यगतिं प्रति ॥ २४ ॥
भोगैश्वर्य्यप्रसक्तानां तयापहृतचेतसाम् ।
व्यवसायात्मिका बुद्धिः समाधौ न विधीयते ॥ २५ ॥
यत्र काले ह्यनावृत्तिमावृत्तिश्चैव योगिनः ।
प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि विबुधर्षभाः ! ॥ २६ ॥

नहीं है, प्रत्यवाय अर्थात् विघ्न भी नहीं है, इस धर्म्मका अल्प आचरण भी महाभयसे रक्षा करता है ॥ २१ ॥ हे यज्ञभाग-भोग करनेवालोंमें श्रेष्ठ देवगण ! इस कर्म्मयोगमें व्यवसायात्मिका अर्थात् निश्चयात्मिका बुद्धि एक होती है किन्तु अव्यवसायी अर्थात् सकाम कर्म्म करनेवालोंकी बुद्धियाँ बहुशाखाओंसे युक्त और अनन्त होती हैं ॥ २२ ॥ हे देवतागण ! वेदके अर्थवादमें तत्पर, "जगत्के अतिरिक्त ईश्वरतत्त्व और कोई नहीं है" इस प्रकार कहनेवाले, कामात्मा और स्वर्गसुखकी इच्छा करनेवाले जो अज्ञानी जीव हैं वे जन्मकर्म्मफलप्रद, भोगैश्वर्यप्राप्तिके साधनभूत और यज्ञादिक्रियाविशेषप्राय पुष्पित वाक्य कहते रहते हैं, उन पुष्पित वाक्योंसे विचलितचित्त और भोगैश्वर्य्यमें आसक्त व्यक्तियोंकी व्यवसायात्मिका बुद्धि समाधिके योग्य नहीं है ॥ २३-२५ ॥ हे देवतागण ! जिस कालमें अर्थात् कालरूप मार्गमें (मरणके पश्चात् जाकर) योगिगण अनावृत्ति (मोक्ष) और आवृत्ति (संसारमें पुनः आगमन) प्राप्त होते हैं उस कालरूप मार्गका वर्णन करता हूं ॥ २६ ॥

अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् ।
तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः ॥ २७ ॥

धूमो रात्रिस्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम् ।
तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्त्तते ॥ २८ ॥

शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते ।
एकया यात्यनावृत्तिमन्ययाऽऽवर्त्तते पुनः ॥ २९ ॥

कर्म्मैव कारणं शुक्लकृष्णगत्योर्न संशयः ।
स्वर्लोकं निरयम्वाऽपि पितृलोकमथापि वा ॥ ३० ॥

आसाद्य प्रेतलोकम्वा जीवा यान्ति पुनः पुनः ।
मर्त्यलोके जनिं देवाः ! कृष्णगत्या न संशयः ॥ ३१ ॥

अग्निज्योंति अर्थात् अर्चि (तेज) की सकल अधिष्ठातृदेवताएँ, अहः अर्थात् दिवसाधिष्ठातृदेवता, शुक्लः अर्थात् शुक्लपक्षाधिष्ठातृदेवता, उत्तरायणरूप छः मास अर्थात् उत्तरायणाधिष्ठातृदेवता, इन देवतागणका जो मार्ग है उसमें मृत्युके बाद जानेवाले ब्रह्मवेत्तागण ब्रह्मको प्राप्त होते हैं॥२७॥ कर्म्मयोगी (मरणके पश्चात्) धूम, रात्रि, कृष्णपक्ष और दक्षिणायन छः मास इन सबके अधिष्ठातृदेवताओंके पास उत्तरोत्तर जाकर क्रमसे चन्द्रलोकको प्राप्त करके भोगावसानमें पुनः वहांसे संसारमें आता है ॥ २८ ॥ प्रकाशमय अर्चिरादि शुक्ला गति एवं तमोमय धूमादि कृष्णा गति, जगत्‌के ये दो मार्ग अनादिरूपसे प्रसिद्ध हैं, इन दोनोंमेंसे एकके द्वारा मोक्ष प्राप्त होता है और दूसरेके द्वारा पुनः संसारमें प्रत्यावृत्ति होती है ॥ २९ ॥ कर्म्मही शुक्ल और कृष्ण दोनों गतिका निःसन्देह कारण है। हे देवगण ! जीवोंको स्वर्गलोकप्राप्ति, नरकलोकप्राप्ति, पितृलोकप्राप्ति वा प्रेतलोकप्राप्ति कराके वारंवार मृत्युलोकमें जन्मप्राप्ति कराना कृष्णगतिका कार्य्य है इसमें सन्देह नहीं ॥ ३०-३१ ॥

सत्यलोकन्तु सम्प्राप्य शुक्लगत्या समुन्नतम् ।
तत्र कर्म्मबलेनैव कैवल्यं लभ्यते ध्रुवम् ॥ ३२ ॥
कृष्णगत्यां प्रधानाऽस्ति प्रवृत्तिर्विबुधर्षभाः ! ।
शुक्लगत्यां निवृत्तेस्तु प्राधान्यं परिकीर्त्तितम् ॥ ३३ ॥
आभ्यां भिन्ना गतिश्चान्या गतिभ्यां समुदाहृता ।
सहजाख्या च वो देवाः ! याऽधिकाराद्बहिर्गता ॥ ३४ ॥
मद्भक्ता धर्म्मतत्त्वज्ञा आत्मज्ञानरताश्च ये ।
त एवैतां महात्मानो लभन्ते सहजां गतिम् ॥ ३५ ॥
तत्त्वज्ञानस्य लाभे ये वासनायाः क्षये तथा ।
कर्म्मयोगे रता यन्ति जीवन्मुक्तास्तु तां गतिम् ॥ ३६ ॥
अतीवास्ति सुदुर्ज्ञेया गतिर्देवाः ! हि कर्म्मणः ।
तत्रोदाहरणं ह्येकं विशदं शृणुतामराः ! ॥ ३७ ॥
ग्रन्थीनां बन्धनं कर्म्म ग्रन्थिमोचनमित्यपि ।

शुक्लगतिके द्वारा समुन्नत सत्यलोकमें पहुंचकर कर्म्मके बलसे ही वहां निश्चय मुक्ति प्राप्त कीजाती है ॥ ३२ ॥ हे देवगण ! कृष्ण-गतिमें प्रवृत्ति प्रधान है और शुक्लगतिमें निवृत्ति प्रधान कहीगई है ॥ ३३ ॥ इन दोनों गतियोंके अतिरिक्त एक तीसरी गति और कहीगई है जिसको सहजगति कहते हैं जो सहजगति हे देवतागण ! आपलोगोंके अधिकारसे बाहर है ॥३४॥ जो धर्म्मतत्त्वके जाननेवाले, आत्मज्ञानमें तत्पर, मेरे भक्त महापुरुषगण हैं, वे ही इस तीसरी गतिको प्राप्त होते हैं ॥ ३५ ॥ जो वासनाका नाश, तत्त्वज्ञानलाभ और कर्म्मयोगमें रत हैं, वे जीवन्मुक्तगण इस गतिको प्राप्त करते हैं ॥ ३६ ॥ हे देवतागण ! कर्म्मकी गति अत्यन्तही दुर्ज्ञेय है । हे देवगण ! इसमें एक स्पष्ट उदाहरण सुनो ॥ ३७ ॥ गांठका बांधना भी कर्म्म है और गांठका खोलना भी कर्म्म

तुल्यं कर्म्मद्वयं देवा उदर्के त्वन्तरं महत् ॥ ३८ ॥
मोचनान्मुच्यते वस्तु वन्धनात्तन्नियम्यते ।
तथा सकामनिष्कामौ देवा जानीत कर्म्मणी ॥ ३९ ॥
हैमी लौहमयी वापि शृङ्खला किम्विधापि चेत् ।
प्राणिनां वन्धनायैव कल्पते नात्र संशयः ॥ ४० ॥
तथा सकामकर्माऽपि शुभं वाप्यशुभं भवेत् ।
वध्नाति सुदृढं जीवानिति जानीत निर्ज्जराः ! ॥ ४१ ॥
वासनायाः क्षये जाते तत्त्वज्ञानेन सर्वथा ।
कर्त्तव्यबुद्ध्या यत्कर्म्म निष्कामं क्रियतेऽमराः ! ॥ ४२ ॥
कैवल्यकारणं भूत्वा जीवेभ्यस्तद्धि निश्चितम् ।
यस्या न पुनरावृत्तिस्तां दत्ते सहजां गतिम् ॥ ४३ ॥
जीवन्मुक्तोऽथ सम्प्राप्तः सहजां गतिमुत्तमाम् ।
मरुस्थलेऽथवा जह्याच्छरीरं जाह्नवीतटे ॥ ४४ ॥

है, हे देवगण ! दोनों कर्म्म तुल्य हैं किन्तु अन्तिम परिणाममें बड़ा भेद है ॥ ३८ ॥ गांठके बांधनेरूपी कर्म्म द्वारा जैसे पदार्थ बांधा जाता है वैसे गांठके खोलनेरूपी कर्म्म द्वारा पदार्थ खुल जाता है । इसी उदाहरणके अनुसार हे देवगण ! सकाम और निष्काम कर्म्मको जानो ॥ ३९ ॥ लौहनिर्मित अथवा सुवर्णनिर्मित किसी प्रकारकी भी शृंखला हो वह जीवोंको बांधतीही है इसमें सन्देह नहीं ॥ ४० ॥ उसी प्रकार सकाम कर्म्म चाहे शुभ या अशुभ हो वह जीवोंको अच्छी तरह बाँधता ही है, हे देवगण ! सो जानो ॥ ४१ ॥ तत्त्वज्ञानके द्वारा वासनाके सर्वथा नाश होनेपर कर्त्तव्य-बुद्धिके अनुसार जो कर्म्म निष्कामभावसे किया जाता है हे देवगण ! वही निश्चय मुक्तिका कारण होकर जिससे पुनरावृत्ति नहीं होती उस सहजगतिको जीवोंको देता है ॥ ४२-४३ ॥ हे देवगण ! उत्तम सहजगतिको प्राप्त जीवन्मुक्त, चाहे मरुस्थलमें शरीरत्याग करें,

अथवा कृतकृत्योऽसौ मुक्तात्मा स्वात्मवित्सुराः ! ।
अन्तिमश्वासपर्य्यन्तं वसेच्चाण्डालवेश्मनि ॥ ४५ ॥
प्राणायामं प्रकुर्व्वन् वा देहं देवालये त्यजेत् ।
सर्वत्र सर्वदा तस्य मुक्तावस्थाऽवतिष्ठते ॥ ४६ ॥
जलबिन्दुर्यथाऽऽकाशपतितो याति वारिधिम् ।
तथैव स हि मुक्तात्मा लभते मामसंशयम् ॥ ४७ ॥
युष्माभिरपि भो देवाः ! कर्म्मयोगरतात्मभिः ।
कर्त्तव्यबुद्ध्या सततं कार्य्यं कर्म्म विधीयताम् ॥ ४८ ॥
देवाः ! कुरुत कर्म्माणि योगस्थाः सङ्गवर्जिताः ।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समा भूत्वा समत्वं योग उच्यते ॥ ४९ ॥
बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते ।
तस्माद्योगाय युज्यध्वं योगः कर्म्म सुकौशलम् ॥ ५० ॥
कर्म्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः ।

चाहे गंगातीरमें शरीरत्याग करे, चाहे वह कृतकृत्य आत्मज्ञानी मुक्तात्मा चांडालके गृहमें अपने अन्तिम श्वासतक वास करे, चाहे देवमन्दिरमें प्राणायाम करता हुआ देहत्याग करे, उसकी मुक्तदशा सब स्थानोंमें हरसमय बनी रहती है ॥ ४४–४६ ॥ वह मुक्तात्मा आकाशपतित वारिबिन्दुके समुद्रमें पतित होनेके समान मुझको निस्सन्देह प्राप्त होता है ॥ ४७ ॥ हे देवतागण ! आप कर्म्मयोगमें रत होकर कर्त्तव्य बुद्धिसे सर्वदा कर्त्तव्य कर्म्मको करें ॥ ४८ ॥ हे देवतागण ! इन्द्रियसङ्गको त्याग करके, सिद्धि और असिद्धिमें समभावापन्न होकर और योगमें अवस्थित होकर कर्म करो, समत्वही योग कहाजाता है ॥ ४९ ॥ बुद्धिद्वारा ब्रह्ममें युक्त व्यक्ति इस लोकमें सुकृत दुष्कृत (पुण्य पाप) दोनोंहीको त्याग करता है इस कारण आपलोग कर्म्मयोगमें नियुक्त होवें, सुकौशलपूर्ण कर्म्मही योगपदवाच्य हैं ॥५०॥ बुद्धियुक्त पण्डितगण निश्चयही कर्म्मजनित

जन्मबन्धविनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम् ॥ ५१ ॥
आपूर्य्यमाणमचलप्रतिष्ठं
समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत्।
तद्वत् कामा यं प्रविशन्ति सर्व्वे
स शान्तिमाप्नोति न कामकामी ॥ ५२ ॥
विहाय कामान् यः सर्वान् प्राणी चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहङ्कारः स शान्तिमधिगच्छति ॥ ५३ ॥
लोकेऽस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयाऽनघाः!।
ज्ञानयोगेन साङ्ख्यानां कर्म्मयोगेन योगिनाम् ॥ ५४ ॥
न कर्म्मणामनारम्भान्नैष्कर्म्यं साधकोऽश्नुते।
न च सन्न्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति ॥ ५५ ॥
न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।

फलका त्याग करके जन्मरूप बन्धनसे मुक्त होकर सर्व्वोपद्रवशून्य मोक्षपदको प्राप्त होते हैं ॥ ५१ ॥ जिस प्रकार (नाना नदियोंके द्वारा) आपूर्य्यमाण और अचञ्चल समुद्रमें (अन्य) जलप्रवेश करते हैं अर्थात् उसमें मिलजाते हैं; उसी प्रकार जिसमें सकल कामनाएँ प्रवेश करती हैं अर्थात् लीन होती हैं वह शान्तिको प्राप्त होता है किन्तु भोगकामनाशील व्यक्ति शान्तिको नहीं प्राप्त होता है ॥ ५२ ॥ जो प्राणी सकल काम्यवस्तुओंकी उपेक्षा करके निःस्पृह निरहङ्कार और विषयोंमें ममताशून्य होकर यत्र तत्र भ्रमण करता है वह शान्तिको प्राप्त होता है ॥५३॥ हे निष्पापो ! इस लोकमें दो प्रकारकी निष्ठा मैंने पहले कही है, यथाः- ज्ञानयोग द्वारा सांख्योंकी और कर्म्मयोग द्वारा योगियोंकी ॥ ५४ ॥ कोई साधक कर्म्मका अनुष्ठान न करके नैष्कर्म्य अवस्थाको नहीं पासक्ता है एवं (आसक्तित्यागके विना) केवल सन्न्यास (कर्म्मत्याग) सेही सिद्धिको प्राप्त नहीं होता है ॥ ५५ ॥ किसी भी अवस्था में क्षणमात्र भी कोई कर्म्म न

कार्य्यते ह्यवशः कर्म्म सर्व्वैः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥ ५६ ॥
कर्म्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ।
इन्द्रियार्थान् विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ॥ ५७ ॥
यस्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽमराः ! ।
कर्म्मेन्द्रियैः कर्म्मयोगमसक्तः स विशिष्यते ॥ ५८ ॥
नियतं क्रियतां कर्म्म कर्म्म ज्यायो ह्यकर्म्मणः ।
शरीरयात्राऽपि च वो न प्रसिद्ध्येदकर्म्मणाम् ॥ ५९ ॥
यज्ञार्थात् कर्म्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्म्मबन्धनः ।
तदर्थं कर्म्म देवौघाः ! मुक्तसङ्गा विधत्त भोः ! ॥ ६० ॥
यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च साधकः ।
आत्मन्येव च सन्तुष्टस्तस्य कार्य्यं न विद्यते ॥ ६१ ॥
नैव तस्य कृतेनार्थो नाऽकृतेनेह कश्चन ।

करके नहीं ही रह सक्ता है, प्रकृतिजनित (सत्त्वादि) सब गुण ही अवश करके कर्म्म कराते हैं ॥ ५६ ॥ जो व्यक्ति कर्म्मेन्द्रियोंको संयत करके मनमें इन्द्रियोंके सकल विषयोंको स्मरण करता रहता है उस विमूढात्माको कपटाचारी कहते हैं ॥ ५७ ॥ किन्तु हे देवतागण ! जो मन द्वारा इन्द्रियोंको संयत करके कर्म्मेन्द्रियोंसे कर्म्मयोगका अनुष्ठान करता है फलकामनाहीन वह व्यक्ति विशिष्ट है अर्थात् प्रशंसायोग्य है ॥ ५८ ॥ आपलोग अवश्यकर्तव्य कर्म्म करो क्योंकि कर्म्म न करनेसे कर्म्म करना श्रेष्ठ है। कर्म्मोंका त्याग करनेसे आपलोगोंका शरीरयात्रानिर्व्वाह भी नहीं होगा ॥ ५९ ॥ हे देवतागण ! यज्ञार्थ कर्म्मोंके अतिरिक्त कर्म्म करनेपर इस लोकमें कर्म्म बन्धन होता है अतएव यज्ञके लक्ष्यसे निष्काम होकर कर्म्मोंको करो ॥ ६० ॥ किन्तु जो साधक आत्मामें ही रत है, आत्मामें ही तृप्त है एवं आत्मामें ही सन्तुष्ट रहता है उसके लिये कुछ भी कर्त्तव्य नहीं है ॥ ६१ ॥ इस लोकमें किये हुए कर्म्मद्वारा उसको पुण्य भी नहीं होता है और न करनेसे कोई पाप भी नहीं होता है एवं सकल

नचास्य सर्व्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः ॥ ६२ ॥
तस्मादसक्तैः सततं कार्य्यं कर्म्म विधीयताम् ।
असक्ताः कर्म्म कुर्वन्तो लभन्ते पूरुषं परम् ॥ ६३ ॥
कर्म्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता साधकाः सुराः ! ।
लोकसंग्रहमेवापि पश्यन्तः कर्त्तुमर्हथ ॥ ६४ ॥
यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरः खलु ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्त्तते ॥ ६५ ॥
देवाः ! मेऽस्ति न कर्त्तव्यं त्रिषु लोकेषु किञ्चन ।
नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त्त एव च कर्म्मणि ॥ ६६ ॥
यदि ह्यहं न वर्त्तेयं जातु कर्म्मण्यतन्द्रितः ।
मम वर्त्मानुवर्त्तन्ते प्राणिनः सर्व्वशोऽमराः ! ॥ ६७ ॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्य्यां कर्म्म चेदहम् ।

भूतोंमें स्थित ऐहिक या पारत्रिक कोई भी विषय उसके लिये आश्रयणीय नहीं है ॥ ६२ ॥ अतः आपलोग फलासक्तिशून्य होकर सर्व्वदा अवश्यकर्त्तव्य कर्म्मोंका अनुष्ठान करो क्योंकि अनासक्त होकर कर्म्म करनेसे साधक मोक्षको प्राप्त होते हैं ॥ ६३ ॥ हे देवतागण ! साधकगण कर्म्मके द्वारा ही संसिद्धि अर्थात् ज्ञान प्राप्त हुए हैं। सब लोगोंको अपने अपने धर्म्ममें प्रवर्त्तित करनेके विषयका लक्ष्य रखकर भी कर्म्म करना उचित है ॥६४॥ क्योंकि श्रेष्ठ व्यक्ति जो जो करते हैं अन्यान्य लोग भी वही वही करते हैं, वे जिसको कर्तव्य समझते हैं उसीका अनुवर्तन लोग करते हैं ॥ ६५ ॥ हे देवतागण ! मेरा कर्त्तव्य कुछ नहीं है क्योंकि त्रिलोकीमें मेरे लिये अप्राप्त वा प्राप्तव्य कुछ नहीं है तथापि मैं कर्म्ममें प्रवृत्तही रहता हूँ ॥ ६६ ॥ हे देवतागण ! कभी यदि मैं आलस्यरहित होकर कर्म्मानुष्ठान न करूँ तो निश्चयही जीवधारी मेरे मार्गको सर्व्वतोभावसे अनुसरण करेंगे ॥ ६७ ॥ यदि मैं कर्म्म न करूँ तो ये सब लोग (धर्म्मलोप होनेसे)

सङ्करस्य च कर्त्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥ ६८ ॥
सक्ताः कर्म्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति निर्ज्जराः !।
कुर्य्याद्विद्वाँस्तथाऽसक्ताश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम् ॥ ६९ ॥
न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानां कर्म्मसङ्गिनाम्।
योजयेत् सर्वकर्म्माणि विद्वान् युक्तः समाचरन् ॥ ७० ॥
प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्म्माणि सर्व्वशः।
अहङ्कारविमूढात्मा कर्त्ताऽहमिति मन्यते ॥ ७१ ॥
तत्त्ववित्तु सुपर्वाणः ! गुणकर्म्मविभागयोः।
गुणा गुणेषु वर्त्तन्त इति मत्वा न सज्जते ॥ ७२ ॥
प्रकृतेर्गुणसम्मूढाः सज्जन्ते गुणकर्म्मसु।
तानकृत्स्नविदो मन्दान् कृत्स्नविन्न विचालयेत् ॥ ७३ ॥

विनष्ट होजायँगे और मैं वर्णसंकरका कर्त्ता हो जाऊँगा, इस प्रकारसे मैं ही इन प्रजाओंके नाश का कारण बनूँगा ॥ ६८ ॥ हे देवतागण ! कर्म्ममें आसक्त अज्ञानीलोग जिस प्रकार कर्म्म करते हैं उसी प्रकार कर्म्ममें अनासक्त ज्ञानीलोग भी लोगोंको स्वधर्म्ममें प्रवर्त्तित करनेके लिये इच्छुक होकर कर्म्म करते हैं॥ ६९ ॥ कर्म्मासक्त अज्ञलोगोंका बुद्धिभेद नहीं करना चाहिये, प्रत्युतन्तु ब्रह्मज्ञ परिडत व्यक्तिको स्वयं सब कर्म्मोंका अनुष्ठान करके अज्ञलोगोंको कर्म्ममें नियुक्त करना चाहिये ॥ ७० ॥ सब कर्म्म प्रकृतिके गुणों द्वारा सर्व्वतोभावेन निष्पादित होते हैं किन्तु अहङ्कारसे विमूढ-चित्त व्यक्ति "मैं कर्ता हूं" ऐसा समझता है ॥ ७१ ॥ परन्तु हे देवतागण ! गुण और कर्म्मोंके विभागके तत्त्वको जाननेवाला व्यक्ति "इन्द्रियाँ विषयोंमें प्रवृत्त होती हैं" ऐसा समझकर कर्त्तृत्वा-भिमान नहीं करता है ॥ ७२ ॥ प्रकृतिके सत्त्वादि त्रिगुणोंसे मोहित होकर जो इन्द्रियोंमें और इन्द्रियोंके कार्य्योंमें आसक्त होते हैं, सर्व्वज्ञ व्यक्ति उन मन्दमति अज्ञलोगोंको विचलित न करे ॥ ७३ ॥

मयि सर्व्वाणि कर्म्माणि सन्न्यस्याध्यात्मचेतसा ।
निराशिषो निर्ममाश्च यतध्वं विगतज्वराः ॥ ७४ ॥
ये मे मतमिदं नित्यमनुतिष्ठन्ति साधकाः ।
श्रद्धावन्तोऽनसूयन्तो मुच्यन्ते तेऽपि कर्म्मभिः ॥ ७५ ॥
ये त्वेतदभ्यसूयन्तो नानुतिष्ठन्ति मे मतम् ।
सर्व्वज्ञानविमूढांस्तान्विद्धि नष्टानचेतसः ॥ ७६ ॥
सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि ।
प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति ॥ ७७ ॥
इन्द्रियस्येन्द्रियस्यार्थे रागद्वेषौ व्यवस्थितौ ।
तयोर्न वशमागच्छेत्तौ ह्यस्य परिपन्थिनौ ॥ ७८ ॥
श्रेयान् स्वधर्म्मो विगुणः परधर्म्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वधर्म्मे निधनं श्रेयः परधर्म्मो भयावहः ॥ ७९ ॥

मुझमें सब कर्म्म अर्पण करके आत्मामें चित्तको रखते हुए निष्काम और ममताशून्य होकर शोक त्यागपूर्वक कर्म्म करो ॥ ७४ ॥ जो साधक मेरे इस सिद्धान्तके अनुसार श्रद्धावान् और दोषदृष्टि-विहीन होते हुए कर्म्मोंको नित्य करते रहते हैं वे कर्म्म करनेवाले होनेपर भी कर्म्मोंसे मुक्त रहते हैं ॥ ७५ ॥ किन्तु जो केवल दोष-दर्शन करते हुए मेरे इस सिद्धान्तके अनुसार कर्म्मानुष्ठान नहीं करते हैं उन विवेकहीनोंको सर्व्वज्ञानविमूढ़ और नष्ट जानो ॥ ७६ ॥ ज्ञानवान् भी अपनी प्रकृतिके अनुसार कर्म्म करता है और प्राणि-मात्रही अपनी प्रकृतिका अनुसरण करते हैं अतः इन्द्रियोंका निग्रह क्या करेगा ? ॥ ७७ ॥ प्रत्येक इन्द्रियका अपने अपने अनुकूल विषयमें अनुराग और प्रतिकूल विषयमें द्वेष अवश्य होता है अत एव इन दोनोंके वशमें नहीं होना चाहिये क्योंकि ये दोनों मुमुक्षुके प्रतिपक्षी हैं ॥७८॥ सुचारुरूपसे अनुष्ठित परधर्म्मकी अपेक्षा दोषसहित स्वधर्म्म श्रेष्ठ है, अपने धर्म्ममें स्थित रहते हुए मरना भी अच्छा है किन्तु

न मां कर्म्माणि लिम्पन्ति न मे कर्म्मफले स्पृहा ।
इति मां योऽभिजानाति कर्म्मभिर्न स बध्यते ॥ ८० ॥
एवं ज्ञात्वा कृतं कर्म्म पूर्व्वैरपि मुमुक्षुभिः ।
तस्माद्विधत्त कर्म्मैव पूर्व्वैः पूर्व्वतरं कृतम् ॥ ८१ ॥
किं कर्म्म किमकर्म्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः ।
तद्वः कर्म्म प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यथाशुभात् ॥ ८२ ॥
कर्म्मणो ह्यपि बोद्धव्यं बोद्धव्यं च विकर्म्मणः ।
अकर्म्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्म्मणो गतिः ॥ ८३ ॥
कर्म्मण्यकर्म्म यः पश्येदकर्म्मणि च कर्म्म यः ।
स बुद्धिमान् साधकेषु स युक्तः कृत्स्नकर्म्मकृत् ॥ ८४ ॥
यस्य सर्व्वे समारम्भाः कामसङ्कल्पवर्ज्जिताः ।
ज्ञानाग्निदग्धकर्म्माणं तमाहुः पण्डितं बुधाः ॥ ८५ ॥

परधर्म्म भयोत्पादक है ॥ ७९ ॥ "मुझको सकल कर्म्म आसक्त नहीं करसके एवं कर्म्मफलमें मेरी स्पृहा नहीं है" इस प्रकार जो मुझको जानता है वह कर्म्ममें बद्ध नहीं होता है ॥ ८० ॥ इस प्रकार जानकर पूर्व्वकालीन मुमुक्षुओंने भी कर्म्म किया है अतः आपलोग भी पुराकालके मुमुक्षुओं द्वारा पूर्व्वकालमें कृत कर्म्मको ही करो ॥ ८१ ॥ कर्म्म क्या है और अकर्म्म क्या है इस विषयमें विवेकी लोग भी मोहित होते हैं अतएव जिसके जाननेसे आपलोग अशुभ अर्थात् कर्म्मासक्तिसे मुक्त होगे उस कर्म्मको मैं कहता हूँ ॥ ८२ ॥ कर्म्म अर्थात् निष्काम कर्म्मका रहस्य भी जानने योग्य है, विकर्म अर्थात् सकाम कर्म्मका रहस्य भी जानने योग्य है और अकर्म अर्थात् कर्म्माभावका भी रहस्य जानने योग्य है क्योंकि कर्म्मकी गति अतिगहन है ॥ ८३ ॥ जो निष्काम कर्ममें कर्म्माभाव देखता है और कर्म्मरहित अवस्थामें जो कर्म्मका होना देखता है वह साधकोंमें बुद्धिमान् है और वह सब कर्म्म करते रहनेपर भी मुझमें युक्त है ॥ ८४ ॥ जिसके सब कर्म्म कामना और सङ्कल्पसे रहित हैं ज्ञानीलोग

त्यक्त्वा कर्म्मफलासङ्गं नित्यतृप्तो निराश्रयः ।
कर्म्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किञ्चित् करोति सः ॥ ८६ ॥
निराशीर्यतचित्तात्मा त्यक्तसर्व्वपरिग्रहः ।
शारीरं केवलं कर्म्म कुर्व्वन्नाप्नोति किल्बिषम् ॥ ८७ ॥
यदृच्छालाभसन्तुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सरः ।
समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वाऽपि न निबद्ध्यते ॥ ८८ ॥
गतसङ्गस्य मुक्तस्य ज्ञानावस्थितचेतसः ।
यज्ञायाचरतः कर्म्म समग्रं प्रविलीयते ॥ ८९ ॥
कायेन मनसा बुद्ध्या केवलैरिन्द्रियैरपि ।
योगिनः कर्म्म कुर्व्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये ॥ ९० ॥
युक्तः कर्म्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम् ।

उस ज्ञानाग्निके द्वारा दग्धकर्म्मा व्यक्तिको पण्डित कहते हैं ॥ ८५ ॥ वह कर्म और कर्म्मफल पर आसक्तिरहित होकर नित्यानन्दमें तृप्त और निरवलम्बन होकर कर्म्ममें प्रवृत्त रहनेपर भी कुछ भी नहीं करता है ॥ ८६ ॥ जो शरीरके द्वारा केवल नाममात्रके लिये कर्म्म करता है वह निष्काम, यतचित्तात्मा और त्यक्तसर्व्वपरिग्रह होनेके कारण पापको प्राप्त नहीं होता है ॥ ८७ ॥ एवं वह यदृच्छालाभमें सन्तुष्ट, द्वन्द्वातीत, शत्रुताशून्य और सिद्धि और असिद्धिमें हर्ष-विषादशून्य होनेके कारण कर्म्म करनेपर भी बद्ध नहीं होता है ॥ ८८ ॥ निष्काम, सर्व्वबन्धनमुक्त, ज्ञानमें अवस्थितचित्त और यज्ञके लक्ष्यसे कर्म्म करनेवाले व्यक्तिके सब कर्म्म विलयको प्राप्त होजाते हैं ॥ ८९ ॥ शरीरद्वारा, मनद्वारा, बुद्धिद्वारा और कर्म्माभिनिवेशशून्य इन्द्रियगणद्वारा योगिगण कर्म्मफलासक्तिको परित्याग करके आत्मशुद्धिके लिये कर्म्म किया करते हैं ॥ ९० ॥ ब्रह्ममें युक्त व्यक्ति कर्म्मफलका त्याग करके कर्म्म करनेपर भी ब्रह्म-निष्ठासे उत्पन्न शान्तिको प्राप्त होता है और अयुक्त व्यक्ति कामना-

अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते ॥ ९१ ॥
यं सन्न्यासमिति प्राहुर्योगं जानीत तं सुराः ! ।
न ह्यसन्न्यस्तसङ्कल्पो योगी भवति कश्चन ॥ ९२ ॥
आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म्म कारणमुच्यते ।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते ॥ ९३ ॥
यदा हि नेन्द्रियार्थेषु न कर्म्मस्वनुषज्जते ।
सर्व्वसङ्कल्पसन्न्यासी योगारूढस्तदोच्यते ॥ ९४ ॥
देवाः ! नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते ।
न हि कल्याणकृत् कश्चित् क्वापि दुर्गतिमृच्छति ॥ ९५ ॥
प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः ।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥ ९६ ॥
अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।
एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम् ॥ ९७ ॥

में प्रवृत्त होनेके कारण कर्म्मफलमें आसक्त होकर बद्ध होता है ॥९१॥ हे देवगण ! जिसको सन्न्यास कहते हैं उसीको योग जानो क्योंकि फलकामनाका त्याग किये विना कोई योगी नहीं हो सक्ता है ॥९२॥ कर्म्मयोगमार्गपर चलनेकी इच्छा करनेवाले योगीके लिये कर्म्म ही कारणरूप (साधनरूप) कहाजाता है ; परन्तु कर्मयोगपदपर आरूढ़ व्यक्तिके लिये समाधि ही कारणरूप (साधनरूप) कहीगई है ॥ ९३ ॥ साधक जब इन्द्रियोंके भोग्य विषयोंपर और उनके साधनभूत कर्म्मोंपर आसक्ति नहीं रखता है तब वह सर्व्व-संकल्पत्यागी व्यक्ति योगारूढ़ कहाजाता है ॥ ९४ ॥ हे देवगण ! इस लोकमें वा परलोकमें उसका विनाश नहीं है क्योंकि कोई भी शुभकर्म्मकारी कहीं भी दुर्गतिको प्राप्त नहीं होता है ॥९५॥ योगभ्रष्ट व्यक्ति पुण्यात्माओंके लोकोंको प्राप्त होकर और वहां बहुत वर्षों तक सुखभोग करके पवित्रात्मा श्रीमानोंके घरमें जन्म ग्रहण करता है ॥ ९६ ॥ अथवा ज्ञानी योगियोंके वंशमें वह जन्म ग्रहण करता है,

तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदैहिकम्।
यतते च ततो भूयः संसिद्धौ विबुधर्षभाः ! ॥ ९८ ॥
पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः।
जिज्ञासुरपि योगस्य शब्दब्रह्मातिवर्त्तते ॥ ९९ ॥
प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्बिषः।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम् ॥ १०० ॥
अन्तकाले च मामेव स्मरन् मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः ॥ १०१ ॥
यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्।
तं तमेवेति भो देवाः ! सदा तद्भावभावितः ॥ १०२ ॥
तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः।

ऐसा जन्म होना जगत्में निश्चय ही दुर्लभतर है ॥ ९७ ॥ हे देवगण ! वह उक्त दोनों प्रकारके जन्मोंमें ही पूर्व्वजन्ममें उत्पन्न ब्रह्मविषयक बुद्धि–संयोगको प्राप्त करता है और मोक्षके विषयमें अधिक प्रयत्न करता है ॥ ९८ ॥ पूर्व्वजन्मका अभ्यास ही उसको अवश करके ब्रह्मनिष्ठ बनादेता है क्योंकि योगके स्वरूपको जाननेकी इच्छा करनेवाला व्यक्ति भी वेदके शब्दसम्बन्धी स्वरूपको अतिक्रमण करजाता है ॥ ९९ ॥ और प्रयत्नपूर्व्वक साधन करनेवाला योगी पापरहित होकर अनेक जन्मोंमें योगसिद्ध होकर तत्पश्चात् परम गतिको प्राप्त होता है ॥ १०० ॥ शरीरान्तके समय मुझको स्मरण करते करते जो देह त्याग करता है वह मेरे भावको प्राप्त होता है इसमें सन्देह नहीं ॥ १०१ ॥ देहान्तके समय जिस जिस भावका स्मरण करते करते वह योगी देहत्याग करता है, हे देवतागण ! सर्व्वदा उसी उसी भावनामें चित्तके स्थित रहनेके कारण उसी उसी भावको ही प्राप्त होता है ॥ १०२ ॥ मेरी सम्मतिमें योगी तपस्वियोंसे भी श्रेष्ठ है, ज्ञानियोंसे भी श्रेष्ठ है और कर्म्म-

कर्म्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्भवत योगिनः ॥ १०३ ॥
कर्म्मण्येवाधिकारो वो मा फलेषु कदाचन ।
न कर्म्मफलहेतुत्वं न वः सङ्गोऽस्त्वकर्म्मणि ॥ १०४ ॥
वेदेषु यज्ञेषु तपःसु चैव
दानेषु यत्पुण्यफलं प्रदिष्टम् ।
अत्येति तत्सर्व्वमिदं विदित्वा,
योगी परं स्थानमुपैति चाद्यम् ॥ १०५ ॥

इति श्रीविष्णुगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे देवमहाविष्णु-
सम्वादे कर्म्मयोगवर्णनं नाम चतुर्थोऽध्यायः ।

निष्ठ व्यक्तियोंसे भी श्रेष्ठ है अत एव आपलोग योगी होवें ॥ १०३ ॥
कर्म करनेमें ही आपलोगोंका अधिकार है, फलेच्छा आपलोगों-
को कभी न हो, न आपलोग कर्मफलकी प्राप्तिके कारण बनना
और न सकाम कर्म्मोंमें आपलोगोंकी प्रवृत्ति होनी चाहिये ॥ १०४ ॥
वेदपाठ करनेसे, यज्ञ करनेसे, तपस्या करनेसे और दान करनेसे जो
पुण्य कहागया है, इस कर्म्मयोगके रहस्यको जानलेनेसे योगी उन
सब पुण्यफलोंको अतिक्रमण करता है और जगत्के मूलभूत
परमपदको प्राप्त करता है ॥ १०५ ॥

इस प्रकार श्रीविष्णुगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी योग-
शास्त्रका देवमहाविष्णुसंवादात्मक कर्म्मयोगवर्णन
नामक चतुर्थ अध्याय समाप्त हुआ ।

भक्तियोगवर्णनम्

देवा ऊचुः ॥ १ ॥

हृन्मन्दिरविहारिन् ! भो भक्तानां भक्तवत्सल ! ।
भवतः प्राप्तये देवा ऋषयो मानवास्तथा ॥ २ ॥
पितरश्चैव हे नाथ ! सर्व्वे साधनमार्गगाः ।
कीदृशं मार्गमालम्ब्य भवेयुः सफलाशयाः ॥ ३ ॥
कथं विभुर्गुणातीतो भवन्नपि सदा भवान् ।
जीवोपकारकरणे प्रवृत्तो भवति स्वयं ॥ ४ ॥
कस्मात्साधनतो लभ्यं भवत्सान्निध्यमीप्सितम् ।
तत्सर्व्वं कृपया नूनमुपदिश्येमहि प्रभो ! ॥ ५ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ६ ॥

देवाः ! मम यदा भक्ता मत्स्वरूपस्य तत्त्वतः ।

देवतागण बोले ॥ १ ॥

हे भक्तवत्सल ! हे भक्तमनोमन्दिरविहारी ! हे नाथ ! आपको प्राप्त करनेके लिये साधनमार्गगामी सब ऋषि, देवता, मनुष्य और पितृगण किस प्रकारके पथको अवलम्बन करके सफलकाम होंगे ॥ २-३ ॥ आप विभु और गुणातीत होनेपर भी किस प्रकार जीवोंके उपकारमें सदा स्वयं प्रवृत्त होते हैं ॥ ४ ॥ किस साधनसे अभिलषित आपका सान्निध्य प्राप्त हो सकता है, हे प्रभो ! कृपया अवश्य आप हमलोगोंको इन सब बातोंका उपदेश करें ॥ ५ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ६ ॥

हे देवतागण ! मेरे भक्तगण जब मेरे स्वरूपको ठीक ठीक जानलेते हैं, तब वे सब ज्ञानी भक्त पराभक्तिके अधिकारी होते

ज्ञातारः स्युस्तदा सर्व्वे ज्ञानिनस्तेऽधिकारिणः ॥ ७ ॥
पराभक्तेर्भवेयुर्हि मां तदैव समीशते ।
देशे काले च सर्व्वस्मिन् पात्रे द्रष्टुं न संशयः ॥ ८ ॥
पराभक्तेः किन्तु यावन्न ते स्युरधिकारिणः ।
तावन्मे सगुणस्यैव रूपस्योपासनां सदा ॥ ९ ॥
कुर्व्वन्तः कृतकृत्यत्वं विन्दन्ति गतकल्मषाः ।
रागात्मिकाया भक्तेर्मे ये भक्ता अधिकारिणः ॥ १० ॥
लीलामयाऽवतारस्य मम ते प्रायशः सुराः ! ।
विविधायां हि लीलायामासक्ता विग्रहस्य मे ॥ ११ ॥
लीलामयस्य चोपास्त्या लभन्ते मां सुनिश्चितम् ।
मम यन्निर्गुणं रूपं सगुणं तद्वदेव हि ॥ १२ ॥
लीलामयं विग्रहश्च सर्व्वमेकमुदीरितम् ।
अधिकारस्य भेदेन भक्ता एव हि केवलं ॥ १३ ॥
तारतम्यं निरीक्षन्त एषु रूपेषु मेऽमराः ! ।
पूर्णांशाऽऽवेशरूपादिरूपैर्हि विविधैः खलु ॥ १४ ॥

हैं और तबही मुझको सब देश काल और पात्रमें देखनेमें समर्थ होते हैं, इसमें सन्देह नहीं है ॥ ७-८ ॥ परन्तु जबतक भक्त, पराभक्तिके अधिकारी न हों तब तक मेरे सगुण रूपकी ही उपासना करते हुए निष्पाप होकर सदा कृतकृत्यता लाभ करते हैं । हे देवतागण ! मेरी रागात्मिका भक्तिके अधिकारी भक्त प्रायः मेरे लीलामय अवतारोंकी विविध लीलाओंमें आसक्त होकर मेरे लीलामय विग्रहकी उपासना करके मुझको निश्चय प्राप्त करते हैं । मेरे निर्गुण रूप, मेरे सगुण रूप और मेरे लीलामय विग्रह सब एकही हैं । हे देवगण ! केवल अधिकारभेदसे भक्तोंकोही इन मेरे रूपोंमें तारतम्य दिखाईपड़ता है । हे देवतागण ! मैंही पूर्ण, अंश और

अहं हि लोके मायातोऽवतीर्य समये सुराः ! ।
भक्तिं ददामि भक्तेभ्यो येन नन्दन्ति ते सदा ॥ १५ ॥
नैवात्र विस्मयः कार्यः सन्देहो वा कथञ्चन ।
धर्मसंरक्षणं देवाः ! रोचते मे निरन्तरम् ॥ १६ ॥
अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन् ।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया ॥ १७ ॥
यदा यदा हि धर्म्मस्य ग्लानिर्भवति निर्ज्जराः ! ।
अभ्युत्थानमधर्म्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥ १८ ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्म्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥ १९ ॥
जन्म कर्म्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्त्वतः ।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽमराः ! ॥ २० ॥
वीतरागभयक्रोधा मन्मया मामुपाश्रिताः ।

आवेश आदि विविध रूपोंसे समयपर जगत्में मायावलम्बनसे अवतीर्ण होकर भक्तोंको भक्ति प्रदान करता हूं जिससे वे सदा आनन्दित रहते हैं ॥ ९–१५ ॥ हे देवतागण ! धर्मकी निरन्तर रक्षा करना मुझको अत्यन्त प्रिय है, इसमें किसी प्रकार कुछ भी सन्देह वा विस्मय नहीं करना ॥ १६ ॥ जन्मरहित अविनश्वर और प्राणिमात्रका ईश्वर होकर भी मैं अपनी प्रकृतिपर अधिष्ठान करके अपनी मायाके द्वारा उत्पन्न होता हूं ॥ १७ ॥ हे देवगण ! जब जब धर्म्मपर ग्लानि और अधर्म्मका आधिक्य होता है उसी समय मैं आविर्भूत होता हूँ ॥ १८ ॥ साधुओंकी रक्षाके लिये, दुष्कर्म्मकारियोंके नाशके लिये और धर्म्मके संस्थापनके लिये मैं युग युगमें अवतार धारण करता हूँ ॥ १९ ॥ हे देवगण ! जो मेरे इस प्रकारके अलौकिक जन्म और कर्म्मको यथार्थरूपसे जानता है वह देहत्याग करके फिर जन्म ग्रहण नहीं करता है और मुझको प्राप्त

बहवो ज्ञानतपसा पूता मद्भावमागताः ॥ २१ ॥
ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ।
मम वर्त्मानुवर्त्तन्ते साधकाः सर्वशः सुराः ! ॥ २२ ॥
काङ्क्षन्तः कर्म्मणां सिद्धिं यजन्त इह देवताः ।
क्षिप्रं लोके साधकानां सिद्धिर्भवति कर्म्मजा ॥ २३ ॥
तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः ।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ॥ २४॥
मम प्राप्त्यै सदा भक्ता आश्रयन्ति दिवौकसः ! ।
भक्तिं भावमयीं योगं क्रियात्मकमपि ध्रुवम् ॥ २५ ॥
वैध्या रागात्मिकाया वै भक्तेराधिगमो मतः ।
वैधी सा साधनाल्लभ्या श्रीगुरोरुपदेशतः ॥ २६ ॥
यदा चित्तलयं कर्त्तुमभ्यासो मयि जायते ।

होता है ॥ २० ॥ अनुराग, भय और क्रोधशून्य एवं मुझमें एकाग्रचित्त, मेरे आश्रित और ज्ञानरूपी तपसे पवित्र अनेक साधक मेरे भावको प्राप्त हुए हैं अर्थात् मुक्त होगये हैं ॥ २१ ॥ जो मुझको जिस भावसे आश्रय करते हैं उनको मैं उसी भावसे आश्रयमें रखता हूं अर्थात् फल प्रदान करता हूँ । हे देवगण ! साधकलोग सब प्रकारसे मेरे मार्गका अनुसरण करते हैं ॥ २२ ॥ कर्म्मकी सिद्धि चाहनेवाले साधक देवताओंकी उपासना करते हैं । इस संसारमें साधकोंको कर्म्मसम्बन्धीय सिद्धि शीघ्र प्राप्त होती है ॥ २३ ॥ परमात्मामें जिनके बुद्धि और चित्त लगे हुए हैं, उन्हींमें जिनकी निष्ठा है और उन्हीमें जो परायण हैं एवं ज्ञानसे जिनके पाप नष्ट होगये हैं वे मोक्षको प्राप्त होते हैं ॥ २४ ॥ हे देवतागण ! मुझको प्राप्त करनेके लिये उपासक सदा भावमयी भक्ति और क्रियामय योगका भी आश्रय अवश्य लेते हैं ॥ २५ ॥ वैधी भक्तिसे ही रागात्मिका भक्तिकी प्राप्ति मानीगई है, वह वैधी भक्ति श्रीगुरूपदेशके अनुसार साधन करनेसे प्राप्त होती है ॥ २६ ॥ जब मुझमें चित्त लीन करने-

रागात्मिकायां भक्तौ हि तदा मज्जति सत्वरम् ॥ २७ ॥
उन्मज्जति मुहुस्तद्वत् भाग्यवान् साधकोत्तमः ।
भक्तिरेषा पराभक्तेर्जननी वर्त्तते सुराः ! ॥ २८ ॥
उपास्तेः प्राणरूपास्ति भक्तिर्हि मामकी सुराः ! ।
क्रियायोगः शरीरं स्याच्चतुर्धा स प्रकीर्तितः ॥ २९ ॥
नाम्ना मन्त्रहठावेतौ लयराजौ तथैव च ।
अधिकारस्य भेदेन विज्ञेयास्ते सुरोत्तमाः ! ॥ ३० ॥
गुरोर्वै कृपयेमानि लभ्यंते साधकैर्ध्रुवम् ।
मत्प्राप्तिसाधनानीति प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ ३१ ॥
स्पर्शान् कृत्वा बहिर्बाह्यान् चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः ।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ ॥ ३२ ॥
यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः ।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः ॥ ३३ ॥

का अभ्यास होजाता है तब मेरी रागात्मिका भक्तिमें वह भाग्यवान् श्रेष्ठ साधक शीघ्र उन्मज्जन और निमज्जन वारवार करने लगता है । हे देवतागण ! यह भक्ति पराभक्तिको उत्पन्न करनेवाली है ॥ २७-॥ २८ ॥ हे देवगण ! मेरी भक्ति उपासनाकी प्राणरूपा और क्रिया-योग शरीररूप है । हे देवश्रेष्ठो ! क्रियायोगके भी अधिकारभेदसे चार भेद हैं, वे मन्त्र हठ लय और राज नामसे जानेजाते हैं । ॥ २९-३० ॥ गुरुकृपासे ही मेरी प्राप्तिके इन साधनोंको साधक निश्चय लाभ करते हैं, इस बातको पण्डितगण कहते हैं ॥ ३१ ॥ रूप रसादि बाह्य विषयोंको बाहर ही रखकर दृष्टिको दोनों भ्रुओंके बीच-में रखकर नासिकाके भीतर विचरण करनेवाले प्राण और अपान वायुको समान करके अर्थात् समभावसे चलनेवाला बना करके इन्द्रिय मन और बुद्धिका संयम करनेवाला, मोक्षपरायण और इच्छा भय एवं क्रोधशून्य जो मुनि है वही सदा मुक्त है ॥ ३२-

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्व्वभूतमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्व्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति ॥ ३४ ॥
उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥ ३५ ॥
बन्धुरात्मात्मनस्तस्य येनैवात्मात्मना जितः।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्त्तेतात्मैव शत्रुवत् ॥ ३६ ॥
योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः ॥ ३७ ॥
शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः।

---

३३ ॥ मुझको यज्ञों और तपस्याओंका भोक्ता, सकल लोकोंका महान् ईश्वर और सकल प्राणिमात्रका सुहृद् समझकर साधक मोक्षको प्राप्त होता है ॥ ३४ ॥ आत्माके द्वारा अर्थात् बुद्धिके द्वारा आत्माका अर्थात् मनका उद्धार करना चाहिये, आत्माको अर्थात् मनको नीचे न गिरने दिया जाय क्योंकि मेरी ओर खिंचा हुआ आत्मा अर्थात् मनही अपना अर्थात् साधकका बन्धु है और नीचे-की ओर अर्थात् इन्द्रियादिकमें खिंचा हुआ आतमा अर्थात् मनही अपना अर्थात् साधकका शत्रु है ॥ ३५ ॥ जिस उपासकने अपनी आत्मा अर्थात् बुद्धिके द्वारा मनको वशीभूत कर लिया है उसीकी आत्मा अर्थात् मन अपना अर्थात् उपासकका बन्धु है; परन्तु अजि-तेन्द्रिय व्यक्तिकी आत्मा अर्थात् बुद्धि ही शत्रुतामें शत्रुवत् प्रवृत्त हुआ करती है ॥ ३६ ॥ योगीको उचित है कि सब समय एकान्तमें अव-स्थित रहकर एकाकी, संयतचित्त, संयतात्मा, इच्छाशून्य और परिग्रह-शून्य होकर मनको समाहित करे ॥ ३७ ॥ पवित्र स्थानमें कुशासनके ऊपर मृगचर्म्म और उसके ऊपर रेशमका वस्त्र रखकर न बहुत ऊँचा न बहुत नीचा अपना स्थिर आसन स्थापन करके और उस आसनपर बैठकर मनको एकाग्र करके चित्त और इन्द्रियोंकी

नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम् ॥ ३८ ॥
तत्रैकाग्रं मनः कृत्वा यतचित्तेन्द्रियक्रियः ।
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये ॥ ३९ ॥
समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः ।
सम्प्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन् ॥ ४० ॥
प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः ।
मनः संयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्परः ॥ ४१ ॥
युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतमानसः ।
शान्तिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति ॥ ४२ ॥
नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः ।
न चातिस्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चामराः ! ॥ ४३ ॥
युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्म्मसु ।

क्रियाको वशीभूत करते हुए उपासकको चित्तशुद्धिके निमित्त योगाभ्यास करना उचित है ॥३८-३९॥ देहका मध्यभाग मस्तक और ग्रीवादेश सरल और निश्चलभावसे रखकर स्थिर होकर अपनी नासिकाके अग्रभागको अवलोकन करते हुए एवं अन्य ओरका देखना छोड़कर प्रशान्तचित्त भयरहित और ब्रह्मचर्य्यमें अवस्थित होकर मनको दमन करते हुए मुझमें ही चित्त समर्पण करके मत्परायण होते हुए युक्त होकर अवस्थान करना उचित है ॥ ४०-४१ ॥ उक्त रूपसे सदा मनको दमन करनेवाला संयतचित्त योगी निर्वाणमुक्ति देनेवाली एवं मुझमें रहनेवाली शान्तिको प्राप्त करता है ॥ ४२ ॥ परन्तु हे देवतागण ! अधिक भोजन करनेवालेको योगकी प्राप्ति नहीं होती और न निरन्तर उपवास करनेवालेको ही योगकी प्राप्ति होती है, उसी प्रकार बहुत सोनेवालेको भी योगकी प्राप्ति नहीं होती है और न बहुत जागनेवालेको ही योगकी प्राप्ति होती है ॥४३॥ जो साधक नियमित आहार और विहार करते हैं और कर्म्मोंको भी

युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा ॥ ४४ ॥
यदा विनियतं चित्तमात्मन्येवावतिष्ठते ।
निःस्पृहः सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा ॥ ४५ ॥
यथा दीपो निवातस्थो नेङ्गते सोपमा स्मृता ।
योगिनो यतचित्तस्य युञ्जतो योगमात्मनः ॥ ४६ ॥
यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया ।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति ॥ ४७ ॥
सुखमात्यन्तिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम् ।
वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः ॥ ४८ ॥
यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः ।
यस्मिन् स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते ॥ ४९ ॥

नियमाधीन होकर करते हैं, नियमके साथ निद्रित होते हैं और नियमके साथ जागते हैं उनका योगाभ्यास दुःखका नाश करनेवाला होता है॥४४॥ जब चित्त विशेषरूपसे संयत होकर आत्मामेंही अवस्थान करता है तब सब प्रकारकी कामनाओंसे निःस्पृह व्यक्ति युक्त कहाता है ॥ ४५ ॥ जैसे वायुरहित स्थानमें दीप विचलित नहीं हुआ करता है, आत्माके उद्देश्यसे योगके अभ्यास करनेवाले संयतात्मा योगीके अचञ्चल चित्तको ऐसाही समझना चाहिये ॥ ४६ ॥ जिस अवस्थामें योगाभ्यास द्वारा संयतचित्त उपरतिको प्राप्त होता है और जिस अवस्थामें आत्मज्ञान द्वारा आत्माको देखते हुए आत्मामेंही उपासक संतुष्ट होजाता है वही योगावस्था है ॥ ४७ ॥ जिस अवस्थाविशेषमें युक्त व्यक्ति उस अनिर्वचनीय अतीन्द्रिय और केवल बुद्धिसे ग्रहण करने योग्य परम सुखका अनुभव करता है और जिस अवस्थामें स्थित होनेपर ही यथार्थरूपसे वह अविचलित रहता है उसी अवस्थाको योग कहते हैं ॥ ४८ ॥ जिस अवस्थामें अन्य सब अवस्थाओंके लाभको उस अवस्थासे अधिक न समझा जाय और

तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् ।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगो निर्विण्णचेतसा ॥ ५० ॥
संकल्पप्रभवान् कामान् त्यक्त्वा सर्व्वानशेषतः ।
मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः ॥ ५१ ॥
शनैः शनैरुपरमेद्बुद्ध्या धृतिगृहीतया ।
आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥ ५२ ॥
यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् ।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥ ५३ ॥
प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् ।
उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥ ५४ ॥
युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः ।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥ ५५ ॥

जिस अवस्थामें रहनेसे महादुःख भी विचलित न करसके उस अवस्थाको योग कहते हैं ॥ ४९ ॥ जिस अवस्थाविशेषमें दुःखका सम्पर्क नहीं रहता है वही अवस्था योगशब्दवाच्य है और निर्विण्ण चित्तसे उसीही योगका अभ्यास करना उचित है ॥ ५० ॥ सङ्कल्पसे उत्पन्न होनेवाली सब इच्छाओंको निःशेषरूपसे त्याग करके मनके ही द्वारा इन्द्रियगणको सब विषयसमूहसे विशेषरूपसे रोक करके धारणासे वशीभूत की हुई बुद्धि द्वारा मनको आत्मामें निश्चलरूपसे स्थापन करके क्रमशः उपरामको प्राप्त हो और कोई चिन्ता न रक्खे ॥५१-५२॥ स्वभावसे चञ्चल और संयम करनेपर भी चलायमान होनेवाला मन जिस जिस विषयमें जावे उस उस विषयसे उसको खींचकर आत्मामेंही स्थिर करना चाहिये ॥ ५३ ॥ क्योंकि उक्त प्रकारसे रजोगुण से रहित प्रशान्तचित्त, निष्पाप और ब्रह्मभावको प्राप्त योगीको परमसुख प्राप्त होता है ॥ ५४ ॥ इस प्रकारसे सदा मनको ब्रह्ममें युक्त करता हुआ निष्पाप योगी अनायास ब्रह्मसंस्पर्शरूपी

सर्व्वभूतस्थमात्मानं सर्व्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्व्वत्र समदर्शनः॥ ५६॥
सर्व्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः।
सर्व्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्त्तते॥ ५७॥
आत्मौपम्येन सर्व्वत्र समं पश्यति योऽमराः!।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः॥ ५८॥
असंशयं सुपर्वाणः! मनो दुर्निग्रहं चलम्।
अभ्यासेन तु भो देवाः! वैराग्येण च गृह्यते॥ ५९॥
असंयतात्मना योगो दुष्प्राप इति मे मतिः।
वश्यात्मना तु यतता शक्योऽवाप्तुमुपायतः॥ ६०॥
योगिनामपि सर्व्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान् भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥ ६१॥

सर्व्वोत्कृष्ट सुखको प्राप्त कर लेता है॥ ५५॥ योगके द्वारा समाहित-चित्त और सर्वत्र समदर्शन करनेवाला वह योगी आत्माको सर्व्व भूतोंमें अवस्थित देखता है और सर्व्वभूतोंको आत्मामें देखता है॥५६॥ जो सर्व्वभूतमें अवस्थित मुझको अद्वितीयरूपसे आश्रय करके मेरी उपासना करता है, संसारमें वर्त्तमान रहनेपर भी वह योगी सर्वथा मुझमेंही अवस्थान करता है॥ ५७॥ हे देवगण! जो अपनी उपमासे सब भूतोंको समान देखता है और सुखदुःखको समान देखता है वह योगी श्रेष्ठ है, यही मेरी सम्मति है॥ ५८॥ हे देवगण! मन दुर्निग्रह और चञ्चल है इसमें सन्देह नहीं; किन्तु हे देवगण! अभ्यास और वैराग्य द्वारा मनका निग्रह कियाजाता है॥ ५९॥ जिसका चित्त संयत नहीं है मेरा मत है कि उसके लिये योग दुष्प्राप्य है; किन्तु गुरूपदिष्ट उपाय द्वारा संयतचित्त व्यक्ति यदि प्रयत्नशील हो तो योगको प्राप्त करसक्ता है॥ ६०॥ सब योगियोंमेंसे भी जो श्रद्धावान् व्यक्ति मद्गतचित्तसे मेरी उपासना करता है वह अतिश्रेष्ठ योगी है,

न मां दुष्कृतिनो मूढ़ाः प्रपद्यन्ते नराधमाः ।
माययाऽपहृतज्ञाना आसुरं भावमाश्रिताः ॥ ६२ ॥
चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनो ननु ।
आर्त्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च विबुधर्षभाः ! ॥ ६३ ॥
तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते ।
प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः ॥ ६४ ॥
उदाराः सर्व्वे एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् ।
आस्थितः स हि युक्तात्मा मामेवानुत्तमां गतिम् ॥ ६५ ॥
बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते ।
परमात्मा सर्व्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥ ६६ ॥
कामैस्तैस्तैर्हृतज्ञानाः प्रपद्यन्ते किलेतरान् ।
तं तं नियममास्थाय प्रकृत्या नियताः स्वया ॥ ६७ ॥

यह मेरा मत है ॥ ६१ ॥ पापशील विवेकहीन नराधम व्यक्ति मायाके द्वारा हतज्ञान होकर आसुरीभावको प्राप्त होते हुए मुझको प्राप्त नहीं होते हैं ॥ ६२ ॥ हे देवगण ! आर्त्त जिज्ञासु अर्थार्थी और ज्ञानी, ये चार प्रकारके पुण्यात्मा व्यक्ति मेरी उपासना करते हैं ॥६३॥ इनमेंसे ज्ञानी सर्व्वदा मुझमें निष्ठावान् और एकमात्र मुझमें ही भक्ति रखनेवाला होनेसे श्रेष्ठ है; क्योंकि मैं ज्ञानी भक्तका अतिप्रिय हूं और वह भी मेरा प्रिय है ॥ ६४ ॥ ये सब ही महान् हैं परन्तु ज्ञानी मेरा ही स्वरूप है, यह मेरा मत है; क्योंकि वह ज्ञानी भक्त मुझमें एकचित्त होकर सर्व्वोत्तम गतिस्वरूप मुझकोही आश्रय करता है ॥६५॥ बहुत जन्म ग्रहण करनेके बाद ज्ञानवान् व्यक्ति "यह चराचर विश्व ही परमात्मस्वरूप है" ऐसा अनुभव करके मुझको प्राप्त होता है, ऐसा महात्मा जगत्में दुर्लभ है ॥ ६६ ॥ सांसारिक अनेक प्रकारकी कामनाओंसे हतज्ञान व्यक्ति अनेक प्रकारके नियमोंका अवलम्बन करके अपनी प्रकृतिको नियमित करते हुए ही औरोंकी (देवतादिकी)

योयो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयाऽर्चितुमिच्छति ।
तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ॥ ६८ ॥
स तया श्रद्धया युक्तस्तस्याराधनमीहते ।
लभते च ततः कामान् मयैव विहितान् हितान् ॥ ६९ ॥
अन्तवत्तु फलं तेषां तद्भवत्यल्पमेधसाम् ।
अन्यानन्ययजो यान्ति मद्भक्ता यान्ति मामपि ॥ ७० ॥
अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं मन्यन्ते मामबुद्धयः ।
परं भावमजानन्तो ममाव्ययमनुत्तमम् ॥ ७१ ॥
तस्मात् सर्व्वेषु कालेषु मामनुस्मरतामराः ! ।
मय्यर्पितमतिस्वान्ता मामसंशयमेष्यथ ॥ ७२ ॥
अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना ।
परमं पूरुषं दिव्यं भक्तो यात्यनुचिन्तयन् ॥ ७३ ॥

उपासना करते रहते हैं ॥ ६७ ॥ जो जो भक्त जिस जिस मूर्तिकी श्रद्धापूर्व्वक उपासना करनेकी इच्छा करता है, मैं उस उस भक्तकी उस उस मूर्त्तिमें वैसीही दृढ़श्रद्धा विधान करता हूँ ॥ ६८ ॥ वह भक्त उस श्रद्धासे युक्त होकर उस मूर्त्तिकी आराधना करता है और तदनन्तर मेरेही द्वारा सम्पादित हितकारी उन सकल कामनाओंको लाभ करता है ॥ ६९ ॥ परन्तु उन क्षुद्रबुद्धि व्यक्तियोंका वह फल विनाशशील है क्योंकि औरोंकी उपासना करनेवाले अन्य लोकोंको प्राप्त होते हैं और मेरे भक्त मुझको प्राप्त होते हैं ॥ ७० ॥ अल्पबुद्धि व्यक्ति मेरे नित्य सर्व्वोत्तम और परमस्वरूपको न जानकर, मैं अव्यक्त अर्थात् मायातीत हूं तौभी मुझको व्यक्तिभावको प्राप्त समझते हैं॥७१॥ इस कारण हे देवतागण ! सर्व्वदा मुझको स्मरण करो, मुझमें मन और बुद्धिको अर्पण करनेपर निःसन्देह आपलोग मुझको प्राप्त होगे ॥ ७२ ॥ अभ्यासयोग द्वारा एकाग्र और अनन्यगामी चित्तसे चिन्ता करते करते साधक दिव्य परमपुरुषको प्राप्त होता है

कविं पुराणमनुशासितार-
मणोरणीयांसमनुस्मरेद्यः।
सर्व्वस्य धातारमचिन्त्यरूप-
मादित्यवर्णं तमसः परस्तात्॥ ७४॥
प्रयाणकाले मनसाऽचलेन
भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव।
भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक्
स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥ ७५॥
यदक्षरं वेदविदो वदन्ति
विशन्ति यद्यतयो वीतरागाः।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्य्यं चरन्ति
तद्वः पदं संग्रहेण प्रवक्ष्ये॥ ७६॥
सर्व्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्द्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणम्॥ ७७॥
ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन्।

॥ ७३॥ कवि (सर्व्वज्ञ) पुराण (अनादि) अनुशासिता (नियन्ता) सूक्ष्मसे भी सूक्ष्मतम, सबका पालन करनेवाला, अचिन्त्यरूप, प्रकृतिसे परे स्थित, सूर्य्यके समान वर्णवाले पुरुषका, शरीरत्यागके समय भक्तियुक्त होकर स्थिर चित्तसे योगबलद्वारा भ्रूयुगलके मध्यमें प्राणवायुको भलीभांति स्थिर करके जो ध्यान करता है वह उस दिव्य परमात्मस्वरूप पुरुषको प्राप्त होता है॥ ७४-७५॥ ब्रह्मज्ञगण जिसको अक्षर कहते हैं, वीतराग यतिगण जिसमें प्रवेश करते हैं और जिसको जाननेकी इच्छा करके साधक ब्रह्मचर्य्य व्रत धारण करते हैं मैं आपलोगोंको वह पद संक्षेपसे कहता हूँ॥ ७६॥ सब इन्द्रियोंको उनके विषयोंसे प्रत्याहरण करके मनको हृदयमें स्थिर करके और मूर्द्धा अर्थात् सहस्रारमें अपने प्राणको रखकर योगधारणामें स्थिर होता हुआ और ॐ इस एकाक्षर ब्रह्मस्वरूप मन्त्रको उच्चारण

यः प्रयाति स्मरन् देहं स याति परमां गतिम् ॥ ७८ ॥
अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः।
तस्याहं सुलभो देवाः ! नित्ययुक्तस्य योगिनः ॥ ७९ ॥
मामुपेत्य पुनर्जन्म दुःखालयमशाश्वतम्।
नाप्नुवन्ति महात्मानः संसिद्धिं परमां गताः ॥ ८० ॥
आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्त्तिनोऽमराः !।
मामुपेत्य तु गीर्वाणाः ! पुनर्जन्म न विद्यते ॥ ८१ ॥
अवजानन्ति मां मूढाः सगुणां तनुमाश्रितम्।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम् ॥ ८२ ॥
मोघाशा मोघकर्म्माणो मोघज्ञाना विचेतसः।
राक्षसीमासुरीञ्चैव प्रकृतिं मोहिनीं श्रिताः ॥ ८३ ॥
महात्मानस्तु मां देवाः ! दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः।

करता हुआ मुझको स्मरण करके स्थूल देहको त्याग करके जाता है वह परमगतिरूपी मुक्तिपदको प्राप्त करता है ॥ ७७-७८ ॥ अनन्य-चित्त होकर जो मेरा सब समय नियमितरूपसे चिन्तन करता है हे देवतागण ! नित्ययुक्त उस योगीके लिये मैं सुलभ हूँ ॥ ७९ ॥ महात्मागण मुझको प्राप्त करके पुनः त्रितापके आलयरूप अनित्य जन्मको प्राप्त नहीं होते क्योंकि वे परासिद्धिरूपी मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ ८० ॥ हे अमरगण ! ब्रह्मलोकसे भी आकर सबलोग पुनः पुनः जन्म ग्रहण करते हैं परन्तु हे देवतागण ! मुझको प्राप्त करके पुनर्जन्मकी प्राप्ति नहीं होती है ॥ ८१ ॥ बुद्धिभ्रंशकारी आसुरी और राक्षसी प्रकृतिको धारण करनेवाले, विफलाशाकारी, विफल-कर्म्मा, अध्यात्मज्ञानरहित, विषयसे चञ्चलचित्त मूर्ख व्यक्तिगण सर्व्वभूतोंके महेश्वररूपी मेरे परमभावको न जानकर मुझको सगुण देहधारी देखकर अवज्ञा करते हैं ॥ ८२-८३ ॥ परन्तु हे देवतागण ! दैवीप्रकृतियुक्त महात्मागण अनन्यचित्त होकर मुझको

भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् ॥ ८४ ॥
सततं कीर्त्तयन्तो मां यतन्तश्च दृढ़व्रताः।
नमस्यन्तश्च मां भक्त्या नित्ययुक्ता उपासते ॥ ८५ ॥
ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये यजन्तो मामुपासते।
एकत्वेन पृथक्त्वेन बहुधा विश्वतोमुखम् ॥ ८६ ॥
अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्य्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥ ८७ ॥
पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः ॥ ८८ ॥
समोऽहं सर्व्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम् ॥ ८९ ॥
अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।

जगत्कारण और नित्यस्वरूप जानकर मेरी उपासना किया करते हैं ॥ ८४ ॥ उनमेंसे कोई कोई सर्व्वदा मेरा कीर्त्तन करते हैं, कोई कोई दृढ़नियमसे युक्त होकर प्रयत्नशील होते हैं, कोई कोई भक्तिके साथ प्रणाम करते हैं और कोई कोई नित्ययुक्त होकर मेरी उपासना करते हैं ॥ ८५ ॥ अन्य कोई कोई ज्ञानयज्ञ द्वारा भी पूजा करके मेरी उपासना करते हैं, उनमेंसे कोई कोई अभेदभावसे, कोई कोई दासभावसे और कोई कोई मुझे सर्व्वात्मक जानकर नाना प्रकारसे उपासना करते हैं ॥ ८६ ॥ अन्य देवताओंकी उपासना न करके मुझे ही स्मरण करते हुए जो उपासना करते हैं, उन नित्य मत्परायण भक्तोंका योगक्षेम (समाधिविघ्नोंकी निवृत्ति अर्थात् सब आवश्यकीय विषयोंको) को मैं वहन करता हूँ ॥ ८७ ॥ जो मुझको भक्तिपूर्व्वक पत्र पुष्प फल और जल अर्पण करता है मैं उस संयतात्मा द्वारा भक्ति पूर्व्वक अर्पित वे पत्र पुष्पादि ग्रहण करता हूँ ॥ ८८ ॥ मैं सकल भूतोंमें समानरूपसे अवस्थित हूं अतः मेरा प्रिय और द्वेष्य कोई नहीं है किन्तु जो मेरी भक्तिपूर्वक उपासना करते हैं वे मुझमें स्थित हैं

साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः ॥ ९० ॥
क्षिप्रं भवति धर्म्मात्मा शश्वच्छान्तिं निगच्छति ।
हे देवाः ! खलु जानीत न मे भक्तः प्रणश्यति ॥ ९१ ॥
मां हि देवाः ! व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः ।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम् ॥ ९२ ॥
किं पुनर्ब्राह्मणाः पुण्या भक्ता राजर्षयस्तथा ।
अनित्यमसुखं लोकं भजध्वमिममेत्य माम् ॥ ९३ ॥
मन्मनस्काः स्त मे भक्ता याजिनो नमताऽमराः ! ।
मामेवैष्यथ युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणाः ॥ ९४ ॥
मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम् ।
कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च ॥ ९५ ॥

और मैं भी उनमें स्थित हूं ॥ ८९ ॥ यदि अत्यन्त दुराचारी व्यक्ति भी अनन्य-भक्तियुक्त होकर मेरी उपासना करे तो उसको भी साधुही मानना चाहिये क्योंकि वह उत्तम यत्न कर रहा है ॥ ९० ॥ अत्यन्त दुराचारी व्यक्ति भी मेरी उपासना करनेपर शीघ्र धर्म्मात्मा होजाता है और निरन्तर शान्तिको प्राप्त करता है हे देवगण ! मेरा भक्त नाशको नहीं प्राप्त होता है, यह तुम निश्चय जानो ॥ ९१ ॥ क्योंकि हे देवगण ! पापयोनिसम्भूत स्त्रियां वैश्य और शूद्र ये कोई भी हों मेरा आश्रय लेकर परम गतिको प्राप्त होते हैं ॥ ९२ ॥ सुकृतिशाली ब्राह्मण और भक्तिमान् राजर्षिगणकी तो बातही क्या है अतः तुम इस कष्टप्रद और अनित्य लोकको प्राप्त होकर मेरी उपासना करो ॥ ९३ ॥ हे देवगण ! आपलोग मद्गतचित्त, मेरे भक्त और मेरे उपासक हों और मुझे नमस्कार करो, इस प्रकार मत्परायण होकर मनको मुझमें ही युक्त करनेसे मुझहीको प्राप्त होगे ॥ ९४ ॥ जिनका चित्त केवल मुझहीमें रत है और जिनका प्राण केवल मेरेमेंही अर्पित है, ऐसे व्यक्ति परस्पर मेरे स्वरूपका ज्ञान कराते हुए एवं सदा मेरा कीर्त्तन करते हुए सन्तोष और शान्तिको प्राप्त होते

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥ ९६॥
तेषामेवानुकम्पार्थमहमज्ञानजं तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता॥ ९७॥
मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते।
श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः॥ ९८॥
ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्य्युपासते।
सर्व्वत्रगमचिन्त्यञ्च कूटस्थमचलं ध्रुवम्॥ ९९॥
सन्नियम्येन्द्रियग्रामं सर्व्वत्र समबुद्धयः।
ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्व्वभूतहिते रताः॥ १००॥
क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं प्राणभृद्भिरवाप्यते॥ १०१॥
ये तु सर्व्वाणि कर्म्माणि मयि सन्न्यस्य मत्पराः।

हैं॥ ९५॥ सदा मुझमें अर्पित चित्त एवं प्रीतिपूर्वक मेरी उपासना करनेवाले उन भक्तोंको मैं उस बुद्धियोग (ज्ञान) को प्रदान करता हूँ जिससे वे मुझको प्राप्त हो जाते हैं॥ ९६॥ उनके हितके अर्थही मैं उनकी बुद्धिवृत्तिमें अवस्थित होकर प्रकाशमान तत्त्वज्ञानरूप दीप द्वारा उनके अज्ञानान्धकारको नाश करता हूँ॥ ९७॥ मुझमें मनको एकाग्र करके, सर्व्वदा मुझमें युक्त रहकर एवं परमश्रद्धान्वित होकर जो मेरी उपासना करते हैं वे मेरी सम्मतिमें युक्ततम अर्थात् प्रधान योगी हैं॥९८॥ किन्तु सर्व्वत्र समबुद्धियुक्त जो व्यक्ति इन्द्रियोंको अच्छी तरहसे संयत करके अनिर्वचनीय, रूपादिविहीन, सर्व्वव्यापी, अचिन्त्य, स्थिर, नित्य, अविनाशी कूटस्थकी उपासना करते हैं, सकलभूतोंके हितकारी वे व्यक्ति मुझेही प्राप्त होते हैं॥९९–१००॥ अव्यक्तमें जिनका चित्त आसक्त हुआ है उनको अधिकतर परिश्रम होता है क्योंकि मेरे अव्यक्तरूपमें निष्ठा प्राणियोंको कठिनतासे प्राप्त

अनन्येनैव योगेन मां ध्यायन्त उपासते ॥ १०२ ॥
तेषामहं समुद्धर्त्ता मृत्युसंसारसागरात् ।
भवामि नचिराद्देवाः ! मय्यावेशितचेतसाम् ॥ १०३ ॥
मय्येव मन आधद्ध्वं मयि बुद्धिर्निवेश्यताम् ।
निवसिष्यथ मय्येव अत ऊर्द्ध्वं न संशयः ॥ १०४ ॥
अथ चित्तं समाधातुं न शक्नुथ मयि स्थिरम् ।
अभ्यासयोगेन तत इच्छताप्तुं सुराः ! हि माम् ॥ १०५ ॥
अभ्यासेऽप्यसमर्थैर्मे भूयतां कर्म्मतत्परैः ।
मदर्थमपि कर्म्माणि कुर्वाद्भिः सिद्धिरेष्यते ॥ १०६ ॥
अथैतदप्यशक्ताः स्थ कर्त्तुं मद्योगमाश्रिताः ।
सर्व्वकर्म्मफलत्यागं यतात्मानो विधत्त वै ॥ १०७ ॥
अद्वेष्टा सर्व्वभूतानां मैत्रः करुण एव च ।
निर्ममो निरहङ्कारः समदुःखसुखः क्षमी ॥ १०८ ॥

होती है॥१०१॥ किन्तु जो एकान्तभक्तियोग द्वारा सब कर्म्म मुझमें अर्पण करके मत्परायण होकर मेरा ध्यान करते हुए उपासना करते हैं हे देवगण ! मैं मृत्युयुक्त संसारसमुद्रसे मुझमें निवेशित चित्त उन भक्तों का शीघ्र उद्धार करता हूँ ॥१०२+१०३॥ मुझमेंही मन स्थिर करो और मुझमेंही बुद्धिसंनिवेश करो तो इससे आगे मुझमेंही निवास करोगे इसमें सन्देह नहीं॥१०४॥हे देवगण ! यदि मुझमें चित्तको स्थिर न रख सको तो अभ्यासयोग द्वारा मुझे प्राप्त करनेकी इच्छा करो ॥ १०५ ॥ यदि अभ्यास करनेमें भी असमर्थ हो तो मेरे कर्म्मोंमें निरत हो, केवल मेरे लिये ही सब कर्म्मोंको करते हुए भी सिद्धिको प्राप्त होगे॥१०६॥ यदि इसके करनेमें भी असमर्थ हो तो एकमात्र मेरे शरणागत और संयतचित्त होकर सब कर्म्मोंके फलोंका त्याग करो ॥ १०७ ॥ सर्व्व भूतोंका अद्वेष्टा, मित्र और कृपालु, ममताहीन, निरहङ्कार, सुखदुःखमें समता समझनेवाला, क्षमावान्, सदा सन्तुष्ट, संयतचित्त योगी मेरी

सन्तुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढ़निश्चयः ।
मय्यर्पितमनोबुद्धियों मद्भक्तः स मे प्रियः ॥ १०९ ॥
यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः ।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः स च मे प्रियः ॥ ११० ॥
अनपेक्षः शुचिर्दक्ष उदासीनो गतव्यथः ।
सर्व्वारम्भपरित्यागी यो मद्भक्तः स मे प्रियः ॥ १११ ॥
यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति ।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान् यः स मे प्रियः ॥ ११२ ॥
समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः ।
शीतोष्णसुखदुःखेषु समः सङ्गविवर्ज्जितः ॥ ११३ ॥
तुल्यनिन्दास्तुतिर्मौनी सन्तुष्टो येन केनचित् ।
अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान् मे प्रियो हि सः ॥ ११४ ॥

ओर स्थिर लक्ष्य रखनेवाला, और मुझमें मन और बुद्धिको समर्पण करनेवाला जो मेरा भक्त है वह मेरा प्रिय है ॥ १०८–१०९ ॥ जिसके द्वारा संसार उद्विग्न नहीं होता है, जो संसारसे उद्विग्न नहीं होता है और जो हर्ष अमर्ष (अन्यको लाभ होनेसे कातर होना) भय और चित्तक्षोभसे रहित है वह मेरा प्रिय है ॥ ११० ॥ सकल विषयोंमें निःस्पृह, शुचि, चतुर, उदासीन, जिसको व्यथा नहीं होती, और सब सङ्कल्पोंका त्याग करनेवाला जो मेरा भक्त है वह मेरा प्रिय है ॥१११॥ जो प्रसन्न नहीं होता है, द्वेष नहीं करता है, शोक नहीं करता है, आकाङ्क्षा नहीं करता है, पाप पुण्योंका परित्याग करनेवाला है और मुझमें भक्तिमान् है वह मेरा प्रिय है ॥ ११२ ॥ जो शत्रु और मित्रमें एवं मान और अपमानमें एकरूप रहता है, शीत उष्ण और सुखदुःखोंमें विकारहीन है, निःसंग है, निन्दा और प्रशंसामें समभावापन्न है, मौनी (मनको दमन करनेवाला) है, जो कुछ मिलजाय उससे सन्तुष्ट है, वासस्थानहीन है, स्थिरचित्त है और भक्तिमान् है वह मेरा प्रिय

ये तु धर्म्मामृतमिदं यथोक्तं पर्य्युपासते।
श्रद्दधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः॥ ११६॥

इति श्रीविष्णुगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे देव-महाविष्णुसम्वादे भक्तियोगवर्णनं नाम पञ्चमोऽध्यायः।

है॥११३-११४॥ जो लोग इस उक्त अमृतरूप धर्म्मका अनुष्ठान करते हैं वे श्रद्धाशील मत्परायण भक्तगण मेरे अतिप्रिय हैं॥ ११६॥

इस प्रकार श्रीविष्णुगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी देव-महाविष्णुसम्वादात्मक योगशास्त्रका भक्तियोगवर्णन-नामक पंचम अध्याय समाप्त हुआ।

ज्ञानयोगवर्णनम् ।

देवा ऊचुः ॥ १ ॥

निशम्य नितरां नाथ ! पराराध्य ! जगद्गुरो ! ।
रहस्यं भक्तियोगस्योपासनायास्तथाद्भुतम् ॥ २ ॥
कृतार्थाः स्मो वयं सम्यक् करुणावरुणालय ! ।
भूयोऽपि श्रोतुमिच्छामस्त्वत्तो ज्ञानमयीं गिरम् ॥ ३ ॥
श्रूयते हि जगन्नाथ ! ज्ञानमेवास्ति कारणम् ।
मुक्तेरतो दयासिन्धो ! सादरं प्रार्थयामहे ॥ ४ ॥
गूढं ज्ञानस्वरूपं यद्रहस्यञ्चापि दुर्गमम् ।
वैदिकज्ञानकाण्डस्य ज्ञानाज्ञानविनिर्णयम् ॥ ५ ॥
ज्ञानिनां लक्षणञ्चैव प्रतिपाद्य प्रभोऽधुना ।
आत्मज्ञानोपदेशेन चित्ते शान्तिं विधत्स्व नः ॥ ६ ॥

देवतागण बोले ॥ १ ॥

हे पराराध्य जगद्गुरो ! हे करुणावरुणालय नाथ ! भक्तियोग और उपासनाका अद्भुत रहस्य अविच्छिन्नरूपसे सुनकर हमलोग अच्छीतरह कृतकृत्य हुए। हम फिरभी ज्ञानवार्त्ताको आपसे सुनना चाहते हैं ॥ २-३ ॥ हेजगन्नाथ ! हमने सुना है कि ज्ञानही मुक्तिका कारण है, इस कारण हे दयासिन्धो ! हम सविनय प्रार्थना करते हैं कि ज्ञानका गूढ़ स्वरूप, वेदके ज्ञानकाण्डका दुर्गम रहस्य, ज्ञान और अज्ञानका लक्षण और ज्ञानीका लक्षण भी कहकर तथा हे प्रभो ! आत्मज्ञानका उपदेश देकर हमारे चित्तमें अब शान्तिप्रदान करिये ॥ ४-६ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ७ ॥

तटस्थश्च स्वरूश्च द्विविधं ज्ञानमीरितम् ।
ज्ञानं यद्धि स्वरूपाख्यं स्वरूपं तन्ममैव वै ॥ ८ ॥
पराभक्तिप्रवीणेन समाधौ निर्विकल्पके ।
ज्ञानिना शान्तचित्तेन यद्भक्तेनानुभूयते ॥ ९ ॥
ज्ञानं तद्धि स्वरूपाख्यं सच्चिदानन्दरूपकम् ।
देवाः ! जानीत तन्नूनमवाङ्मनसगोचरम् ॥ १० ॥
द्वारीकृत्य तटस्थाख्यं ज्ञानमेव तु केवलम् ।
जिज्ञासुर्लभते नूनं योगयुञ्जानमानसः ॥ ११ ॥
आत्मानात्मविवेकं हि कुर्वाणो मामसंशयम् ।
तटस्थाख्यं हि यज्ज्ञानं तत्र यद्यपि वर्त्तते ॥ १२ ॥
ज्ञातुर्ज्ञानस्य सम्बन्धो ज्ञेयस्यापि दिवौकसः ! ।
तत्तथापि समाख्यातं स्वरूपज्ञानकारणम् ॥ १३ ॥
ज्ञानस्यास्य तटस्थस्य तिस्रो भूम्यः प्रकीर्त्तिताः ।
आद्यायां भूमिकायान्तु तत्त्वज्ञानी दिवौकसः ! ॥ १४ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ७ ॥

ज्ञान दो प्रकारका कहागया है, स्वरूपज्ञान और तटस्थज्ञान। स्वरूपज्ञान मेराही स्वरूप है ॥ ८ ॥ जो निर्विकल्पसमाधिमें पराभक्तिमें प्रवीण, शान्तचित्त ज्ञानी भक्तके अनुभवमें आता है ॥९॥ वह स्वरूपज्ञान सच्चिदानन्दमय है। हे देवगण! उसको अवश्य मन वचनसे अतीत जानो ॥ १० ॥ केवल तटस्थज्ञानके द्वाराही योगाभ्यासनिरत जिज्ञासु आत्मा और अनात्माका विचार करता हुआ ही निःसन्देह मुझको प्राप्त होता है। हे देवगण ! तटस्थज्ञान, ज्ञाता ज्ञान ज्ञेयरूपी त्रिपुटिसे युक्त होनेपरभी स्वरूपज्ञान-प्राप्तिका कारण कहागया है ॥ ११-१३ ॥ इस तटस्थज्ञानकी तीन भूमिकाएँ कहीगई हैं। हे देवगण ! प्रथम भूमिकामें तत्त्वज्ञानी जगत् और जगत्कर्त्ताका आनु-

जगतश्च जगत्कर्तुर्ज्ञानं लब्ध्वानुमानिकम्।
ज्ञानभूम्यां विशालायां सरत्यग्रे न संशयः॥ १५॥
अत्रैव ज्ञानभूमौ हि योगी भोगपराङ्मुखः।
वैराग्यं विषयान्नूनं लभते च विषोपमात्॥ १६॥
योगी भूमौ द्वितीयायां क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोस्तथा।
सम्यग्ज्ञानमवाप्नोति नास्त्यत्र प्रच्युतेर्भयम्॥ १७॥
भूमिकायां तृतीयायां योगी योगसमुन्नतः।
मदीयाद्वैतसत्तां हि ज्ञानेनानुभवन् किल॥ १८॥
मत्स्वरूपाग्रगो देवाः! भवन् विगतकिल्विषः।
भूत्वा योगपदारूढो लभते कृतकृत्यताम्॥ १९॥
एतदेव फलं भूमेस्तृतीयाया दिवौकसः!।
अन्तिमं हि विनिर्दिष्टं तत्त्वज्ञानविशारदैः॥ २०॥
द्विधा मत्प्रकृतिर्भिन्ना विद्ययाऽविद्यया तथा।
अविद्या कारणं सृष्टेर्बन्धनस्यापि जायते॥ २१॥

मानिक ज्ञान प्राप्त करके विशाल ज्ञानभूमिमें निःसन्देह अग्रसर होताहै॥ १४–१५॥ इसी ज्ञानभूमिमें योगी भोगपराङ्मुख होकर विषतुल्य विषयोंसे वैराग्यको भी निःसन्देह ही प्राप्त होता है॥१६॥ दूसरी भूमिमें योगी क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका सम्यक् ज्ञान प्राप्त करता है, और इस भूमिमें योगीकेलिये पतनका भय नहीं है॥ १७॥ हे देवगण! तीसरी भूमिमें योगसमुन्नत योगी मेरी अद्वैतसत्ताका ज्ञानके द्वारा ही अनुभव करता हुआ निष्पाप होकर मेरे स्वरूपकी ओर अग्रसर होता हुआ योगारूढ़ होकर कृतकृत्यताको प्राप्त करता है॥ १८–१९॥ हे देवगण! इस तीसरी भूमि का यही अन्तिम फल तत्त्वज्ञानविशारदोंने कहा है॥ २०॥ मेरी प्रकृतिके दो भेद हैं, विद्या और अविद्या। अविद्या सृष्टि और बन्धनका कारण

साहाय्येन तु विद्याया योगी मुक्तोऽथ बन्धनात् ।
देवाः ! सृष्टेर्लयं कुर्वन् क्षिप्रं मामेति निश्चितम् ॥ २२ ॥
अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम् ।
आचार्य्योपासनं शौचं स्थैर्य्यमात्मविनिग्रहः ॥ २३ ॥
इन्द्रियार्थेषु वैराग्यमनहङ्कार एव च ।
जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम् ॥ २४ ॥
असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारगृहादिषु ।
नित्यञ्च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ॥ २५ ॥
मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी ।
विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनसंसदि ॥ २६ ॥
अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम् ।
एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा ॥ २७ ॥
निश्चितं वच्मि वो देवाः ! श्रीगुरोर्दयया विना ।

होती है॥२१॥और विद्याकी सहायतासे योगी बन्धनसे मुक्त होकर हे देवगण ! सृष्टिका विलय करता हुआ शीघ्र मुझको ही प्राप्त होता है ॥ २२ ॥ आत्मश्लाघाराहित्य, दम्भहीनता, परपीड़ात्याग, सहिष्णुता, सरलता, गुरुसेवा, अन्तःशुचिता और बहिःशुचिता, स्थिरता, मनः-संयम, विषयोंमें वैराग्य, अहङ्कारराहित्य, जन्म मृत्यु जरा और व्याधिमें दुःख और दोषका अनुदर्शन अर्थात् स्पष्ट उपलब्धि, पुत्र स्त्री गृह आदिमें अनासक्ति और उनके सुख दुःखमें सुखी दुःखी न होना, इष्ट और अनिष्टकी प्राप्ति होनेपर सर्व्वदा चित्तकी समानता, मुझमें अनन्य योग (सर्व्वत्र समदृष्टि) द्वारा अव्यभिचारिणी (अनन्य) भक्ति, निर्जन स्थानमें रहना, लोकसमाजमें वैराग्य, आत्मज्ञानपरायणता और तत्त्वज्ञानके फल (मोक्ष) का दर्शन, ये ज्ञानके लक्षण कहे जाते हैं इनसे विपरीत जो लक्षण हैं वेही अज्ञानके लक्षण हैं ॥ २३-२७ ॥ हे देवतागण ! मैं आपलोगोंको निश्चय करके

किञ्चित् कदापि कुत्रापि कथञ्चिन्नैव लभ्यते ॥ २८ ॥
आत्मज्ञानोपलब्धौ हि हेतुरस्ति गुरोः कृपा ।
आत्मज्ञानन्तु मत्प्राप्तौ कारणं नात्र संशयः ॥ २९ ॥
तद्विद्ध प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया ।
उपदेक्ष्यन्ति वो ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥ ३० ॥
यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यथ निर्ज्जराः ! ।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यथात्मन्यथो मयि ॥ ३१ ॥
अपि स्थ यदि पापेभ्यः सर्व्वेभ्यः पापकृत्तमाः ।
सर्व्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं सन्तरिष्यथ ॥ ३२ ॥
यथैधांसि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽमराः !
ज्ञानाग्निः सर्व्वकर्म्माणि भस्मसात्कुरुते तथा ॥ ३३ ॥
नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।
तत्स्वयं योगसंसिद्धाः कालेनाऽऽत्मनि विन्दथ ॥ ३४ ॥

कहता हूँ कि बिना श्रीगुरुकृपाके कभी भी कहीं भी किसी प्रकारसे भी कुछ भी प्राप्त नहीं होता है॥ २८ ॥ आत्मज्ञान प्राप्तिका कारण गुरुकृपा ही है और मुझे प्राप्त करनेका कारण आत्मज्ञान है, इसमें सन्देह नहीं॥२९॥प्रणिपात, जिज्ञासा और गुरुसेवाके द्वारा उस ज्ञानका लाभ करो तत्त्वदर्शी ज्ञानिगण तुमको ज्ञानका उपदेश देंगे॥३०॥ हे देवगण ! जिस ज्ञानके जानलेनेसे पुनः इस प्रकारके मोहको नहीं प्राप्त होगे। और जिसके द्वारा भूतगणको आत्मामें और अनन्तर मुझमें सब कुछ देख सकोगे ॥ ३१ ॥ यदि सकल पापियोंसे भी तुम अधिक पापी हो तौभी सम्पूर्ण पापरूप समुद्रको ज्ञानरूपी जहाज द्वारा सम्यक्‌रूपसे तरजाओगे ॥ ३२ ॥ हे देवगण ! जिसप्रकार प्रज्वलित अग्नि काष्ठ-समूहको भस्मसात् करती है उसीप्रकार ज्ञानरूप अग्नि सकल कर्म्मोंको भस्मसात् करदेती है ॥ ३३ ॥ क्योंकि इस लोकमें ज्ञानके समान पवित्र और कोई नहीं है, योगद्वारा सिद्धि प्राप्त होनेपर उस आत्मज्ञानको यथासमय अपनेमें स्वयं प्राप्त करोगे ॥ ३४ ॥

श्रद्धावान् लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः ।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाऽधिगच्छति ॥ ३५ ॥
अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति ।
नाऽयं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः ॥ ३६ ॥
योगसन्न्यस्तकर्म्माणं ज्ञानसंछिन्नसंशयम् ।
आत्मवन्तं न कर्म्माणि निबध्नन्ति दिवौकसः ! ॥ ३७ ॥
तस्मादज्ञानसंभूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः ।
छित्त्वैनं संशयं योगमातिष्ठत बुभुत्सवः ! ॥ ३८ ॥
नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः ।
आज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः ॥ ३९ ॥
ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः ।

श्रद्धावान् तत्परायण और जितेन्द्रिय व्यक्ति ज्ञान प्राप्त करता है और ज्ञानको प्राप्त करके अतिशीघ्र परमशान्ति (मोक्ष) को प्राप्त होता है ॥ ३५ ॥ अश्रद्धालु संशयात्मा और मूढ़ व्यक्ति नाशको प्राप्त होता है। संशयात्मा व्यक्तिकेलिये इहलोक और परलोक दोनों कष्टप्रद होते हैं और उसको सुख नहीं होता है ॥ ३६ ॥ हे देवगण ! जिस व्यक्तिने योगद्वारा सकल कर्म्मोंको आत्मामें अर्पण किया है और जिसने आत्मज्ञानद्वारा सकल संशय छिन्न कर दिये हैं ऐसे आत्मज्ञानसम्पन्न व्यक्तिको कर्म्म बन्धन नहीं कर सकते हैं ॥ ३७ ॥ अतः हे जिज्ञासु देवगण ! अपने अज्ञानसे उत्पन्न हृदयस्थ संशयको ज्ञानरूप खड्ग द्वारा छेदन करके इस योगका अवलम्बन करो ॥ ३८ ॥ ईश्वर किसीका भी पाप ग्रहण नहीं करते हैं और पुण्य भी ग्रहण नहीं करते हैं। अज्ञानके द्वारा ज्ञान आच्छन्न है इसी कारण जीवधारी मोहित होते हैं अर्थात् इन्द्रियासक्त होते हैं ॥ ३९ ॥ किन्तु आत्मज्ञानके द्वारा जिनका वह अज्ञान नष्ट होजाता है, सूर्य्य जिसप्रकार अन्धकारको नाश करके सकल वस्तुओंको प्रकाशित कर देता है

तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम् ॥ ४० ॥

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ॥ ४१ ॥

इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः ।
निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद्ब्रह्मणि ते स्थिताः ॥ ४२ ॥

न प्रहृष्येत् प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाऽप्रियम् ।
स्थिरबुद्धिरसम्मूढो ब्रह्मविद्ब्रह्मणि स्थितः ॥ ४३ ॥

योऽन्तःसुखोऽन्तराराम स्तथान्तर्ज्योतिरेव यः ।
स योगी ब्रह्मनिर्व्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति ॥ ४४ ॥

लभन्ते ब्रह्मनिर्व्वाणमृषयः क्षीणकल्मषाः ।
छिन्नद्वैधा यतात्मानः सर्व्वभूतहिते रताः ॥ ४५ ॥

उसी प्रकार उनका वह ज्ञान परमात्माको प्रकाशित करदेता है ॥४०॥ विद्या और विनयसम्पन्न ब्राह्मणपर और चाण्डालपर एवं गौ हाथी और कुत्तेपर ज्ञानीगण समदर्शी हुआ करते हैं ॥ ४१ ॥ जिनका मन समभावमें स्थित है, संसारमें रहकर ही उन्होंने संसारको जीत लिया है क्योंकि समान और निर्दोषरूपसे ब्रह्म व्यापक हैं अतः वे ब्रह्मभावमें स्थित रहते हैं ॥ ४२ ॥ ब्रह्मभावमें अवस्थित, स्थिरबुद्धि और मोहहीन ब्रह्मवेत्ता व्यक्ति प्रियवस्तु पाकर हर्षित नहीं होता है और अप्रिय वस्तु पाकर विषादयुक्त नहीं होता है ॥ ४३ ॥ आत्मभावमेंही जिसको सुखबोध होता है आत्मभावमें ही जिसको आमोद होता है और आत्मभावकी ओरही जिसकी दृष्टि है वह योगी ब्रह्मभावमें स्थित होकर ब्रह्मनिर्व्वाण अर्थात् मोक्षको प्राप्त होता है॥४४॥ पाप जिनके क्षीण होगये हैं, संशय जिनके छिन्न होगये हैं, जिनका अन्तःकरण संयमशील है और सकल प्राणिमात्रके हित करनेमें जो तत्पर हैं ऐसे ऋषिगण ब्रह्मनिर्व्वाण अर्थात् मोक्षको प्राप्त करते हैं

कामक्रोधवियुक्तानां यतीनां यतचेतसाम् ।
अभितो ब्रह्मनिर्व्वाणं वर्त्तते विदितात्मनाम् ॥ ४६ ॥
जितात्मनः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहितः ।
शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः ॥ ४७ ॥
ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः ।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकाञ्चनः ॥ ४८ ॥
सुहृन्मित्रार्य्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबन्धुषु ।
साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते ॥ ४९ ॥
मय्यासक्तमनस्का हि युञ्जाना योगमाश्रिताः ।
यथा ज्ञास्यथ पूर्णं मां तथा शृणुत निश्चितम् ॥ ५० ॥

॥ ४५ ॥ कामक्रोधरहित, संयमी और आत्मतत्त्वज्ञ यतिगणके लिये सर्व्वत्रही मोक्ष है ; अर्थात् वे देहान्त होनेपर ही मुक्त होते हैं ऐसा नहीं है, देह रहते हुए भी वे मुक्त ही हैं ॥ ४६ ॥ केवल जितेन्द्रिय और प्रशान्त अर्थात् रागादिशून्य व्यक्तिका आत्मा अर्थात् अन्तःकरण शीत उष्ण, सुख दुःख, और मान अपमानमें अचल रह सक्ता है ॥४७॥ जिसका चित्त ज्ञान और विज्ञान द्वारा आकाङ्क्षाहीन है जो कूटस्थ अर्थात् निर्विकार है, जो जितेन्द्रिय है और जो मृत्तिकाके ढेलेमें पत्थरमें और सुवर्णमें समदृष्टि है ऐसा योगी युक्त कहाजाता है॥४८॥ सुहृत् (स्वभावतः हितैषी) मित्र (स्नेहवशतः हितैषी) अरि (घातुक) उदासीन (विवाद करनेवाले दोनों पक्षोंकी उपेक्षा करनेवाला) मध्यस्थ (विवाद करनेवाले दोनों पक्षोंका हितैषी) द्वेष्य (द्वेष करने योग्य व्यक्ति) बन्धु (सम्बन्धयुक्त व्यक्ति) साधु और यहांतक कि पापियोंपर भी जो समबुद्धि रखनेवाला है वही योगियोंमें प्रधान है ॥ ४९ ॥ मुझमें आसक्तचित्त होकर योगके आश्रयसे अभ्यास करते हुए जिस प्रकारसे मुझे पूर्णरूपसे निश्चयपूर्वक जान सकोगे उस प्रकारको सुनो ॥ ५० ॥ मैं आपलोगोंको विज्ञानसहित इस ज्ञानको सम्पूर्णरूपसे कहूंगा जिसके

ज्ञानं वोऽहं सविज्ञानमिदं वक्ष्याम्यशेषतः।
यज्ज्ञात्वा नेह भूयोऽन्यज्ज्ञातव्यमवशिष्यते॥ ५१॥
मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः॥ ५२॥
भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥ ५३॥
अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं वित्त मे पराम्।
जीवभूतां सुपर्वाणो ययेदं धार्य्यते जगत्॥ ५४॥
एतद्योनीनि भूतानि सर्व्वाणीत्युपधार्य्यताम्।
अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा॥ ५५॥
मत्तः परतरं नान्यत् किञ्चिदस्ति दिवौकसः!।
मयि सर्व्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव॥ ५६॥
इदं गुह्यतमं वक्ष्याऽनुसूयुभ्यो ब्रुवेऽधुना।

जानलेनेसे जगत्में फिर कुछ जाननेका विषय अवशेष नहीं रहता है॥ ५१॥ हजारों मनुष्योंमें कोई एक सिद्धिके लिये यत्न करता है और अनेक यत्न करनेवाले सिद्धोंमेंसे भी कोई एक वास्तवतः मेरे स्वरूपको जानता है॥ ५२॥ पृथिवी जल तेज वायु आकाश मन बुद्धि और अहङ्कार इन आठ प्रकारके भेदोंसे युक्त मेरी प्रकृति है॥५३॥ यह अपरानाम्नी है। हे देवगण! इस अपरा प्रकृतिसे भिन्न मेरी परानाम्नी जीवस्वरूपा एक प्रकृति है ऐसा जानो, जिसके द्वारा यह जगत् धारण किया जाता है अर्थात् जो जगद्धारिका है॥५४॥ इन्हीं दो प्रकारकी मेरी प्रकृतियोंसे पंचभूतमय सकल जगत्की उत्पत्ति हुई है ऐसा जानो, मैं सकल जगत्का परमकारणस्वरूप और प्रलय-स्थान हूँ॥ ५५॥ हे देवगण! मुझसे परे और कुछ नहीं है। सूत्रमें मणियोंके समान मुझमें यह सब जगत् ग्रथित है॥ ५६॥ अब मैं यह (वक्ष्यमाण) परमगुप्त विज्ञानसहित [illegible] भी तुम दोषदृष्टिही-

ज्ञानं विज्ञानसहितं यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यथाशुभात् ॥ ५७ ॥
इदं शरीरं भो देवाः! क्षेत्रमित्यभिधीयते।
एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः ॥ ५८ ॥
क्षेत्रज्ञं चाऽपि मां वित्त सर्व्वक्षेत्रेषु निर्ज्जराः!।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥ ५९ ॥
तत् क्षेत्रं यच्च यादृक् च यद्विकारि यतश्च यत्।
स च यो यत्प्रभावश्च तच्छृणुध्वं समासतः ॥ ६० ॥
ऋषिभिर्बहुधा गीतं छन्दोभिर्विविधैः पृथक्।
ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ॥ ६१ ॥
महाभूतान्यहङ्कारो बुद्धिरव्यक्तमेव च।
इन्द्रियाणि दशैकञ्च पञ्च चेन्द्रियगोचराः ॥ ६२ ॥
इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं संघातश्चेतना धृतिः।
एतत् क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ॥ ६३ ॥

नोंको कहता हूं जिसको जानकर तुमलोग सकल पापोंसे मुक्त होजाओगे ॥ ५७ ॥ हे देवगण! यह शरीर क्षेत्र नामसे अभिहित होता है और इस क्षेत्रको जो जानता है उसको तत्त्वज्ञानी क्षेत्रज्ञ कहते हैं॥५८॥ और हे देवगण! सब क्षेत्रोंमें भी मुझको क्षेत्रज्ञ जानो। क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका जो ज्ञान है वह ज्ञान मेरा अभिमत है॥५९॥ जो क्षेत्र है वह जो है जैसा है जिन जिन विकारोंसे युक्त है और जिससे उत्पन्न है एवं वह क्षेत्रज्ञ भी जो है और जिस प्रभावका है सो संक्षेपसे सुनो ॥ ६० ॥ (जो) ऋषियोंसे ब्रह्मसूत्रके पदोंसे और युक्तियुक्त तथा विनिश्चित पृथक् २ विविध वैदिक मन्त्रोंसे अनेक प्रकारसे निरूपित है (उसको संक्षेपसे कहता हूँ) ॥ ६१ ॥ पंच पृथिव्यादि महाभूत, अहङ्कार, बुद्धि, मूलप्रकृति, दश इन्द्रियां एक मन और इन्द्रियोंके विषय (शब्दस्पर्शादि) पंच तन्मात्रा, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, सङ्घात (शरीर) चेतना (मनोवृत्ति) और धैर्य्य यह विकारयुक्त क्षेत्र संक्षेपसे कहागया है॥ ६२-६३ ॥

ज्ञेयं यत्तत्प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वाऽमृतमश्नुते ।
अनादिमत्परं ब्रह्म न सत्तन्नासदुच्यते ॥ ६४ ॥
सर्व्वतः पाणिपादं तत् सर्व्वतोऽक्षिशिरोमुखम् ।
सर्व्वतः श्रुतिमल्लोके सर्व्वमावृत्य तिष्ठति ॥ ६५ ॥
सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्व्वेन्द्रियविवर्जितम् ।
असक्तं सर्व्वभृच्चैव निर्गुणं गुणभोक्तृ च ॥ ६६ ॥
बहिरन्तश्च भूतानामचरं चरमेव च ।
सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेयं दूरस्थं चान्तिके च यत्॥ ६७ ॥
अविभक्तञ्च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम् ।
भूतभर्तृ च तज्ज्ञेयं ग्रसिष्णु प्रभविष्णु च ॥ ६८ ॥
ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमसः परमुच्यते ।
ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यं हृदि सर्व्वस्य धिष्ठितम् ॥ ६९ ॥
इति क्षेत्रं तथा ज्ञानं ज्ञेयं चोक्तं समासतः ।

जो ज्ञेय है उसको कहूंगा जिसको जानकर (साधक) मोक्ष प्राप्त करता है । वे अनादि परब्रह्म सत् भी नहीं कहेगये हैं और असत् भी नहीं कहगये हैं ॥ ६४ ॥ वे (ब्रह्म) सर्वत्र पाणि, पाद, नेत्र, मस्तक, मुख और कर्णविशिष्ट होकर संसारमें सबको आवृत करके ठहरे हुए हैं ॥ ६५ ॥ (वे) सब इन्द्रियोंके गुणोंके आभाससे विशिष्ट, सब इन्द्रियोंसे रहित, सङ्गशून्य, सबोंके आधारभूत, गुणोंसे रहित और गुणोंके भोक्ता हैं ॥ ६६ ॥ जो जीवोंके बाहर और भीतर हैं, चर भी हैं और अचर भी हैं, सूक्ष्म होनेके कारण अविज्ञेय हैं तथा जो दूर भी हैं और समीप भी हैं॥६७॥ जो भूतोंमें अविभक्त होनेपर भी विभक्तकी न्याईं अवस्थित हैं और वे भूतोंके पालक, संहारक तथा उत्पादक भी हैं ऐसा जानो॥६८॥वे ज्योतियोंकी भी ज्योति हैं और अज्ञानसे परे स्थित कहेजाते हैं तथा वे ज्ञान, ज्ञेय, ज्ञानसे प्राप्त करने योग्य और सबके हृदयमें अवस्थित हैं ॥ ६९ ॥ इस प्रकारसे क्षेत्र, ज्ञान और ज्ञेय

मद्भक्त एतद्विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते ॥ ७० ॥
प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्धानादी उभावपि ।
विकारांश्च गुणांश्चैव विद्ध प्रकृतिसम्भवान् ॥ ७१ ॥
कार्य्यकारणकर्तृत्वे हेतुः प्रकृतिरुच्यते ।
पुरुषः सुखदुःखानां भोक्तृत्वे हेतुरुच्यते ॥ ७२ ॥
पुरुषः प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान् गुणान् ।
कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु ॥ ७३ ॥
उपद्रष्टानुऽमन्ता च भर्त्ता भोक्ता महेश्वरः ।
परमात्मेति चाप्युक्तो देहेऽस्मिन् पुरुषः परः ॥ ७४ ॥
य एवं वेत्ति पुरुषं प्रकृतिञ्च गुणैः सह ।
सर्व्वथा वर्त्तमानोऽपि न स भूयोऽभिजायते ॥ ७५ ॥
ध्यानेनात्मनि पश्यन्ति केचिदात्मानमात्मना ।
अन्ये सांख्येन योगेन कर्म्मयोगेन चापरे ॥ ७६ ॥

संक्षेपसे कहेगये। मेरा भक्त इनको जानकर ब्रह्मत्वप्राप्तिके योग्य होता है॥ ७० ॥ प्रकृति और पुरुष इन दोनोंको ही अनादि जानो और (देह इन्द्रिय आदि) विकार एवं (सत्त्व आदि) गुणोंको प्रकृतिसे उत्पन्न समझो ॥ ७१ ॥ कार्य्य और कारणके कर्तृत्वमें प्रकृति हेतु कही गई है और पुरुष सुख दुःखोंके भोक्तृत्वमें हेतु कहा गया है ॥ ७२ ॥ क्योंकि पुरुष प्रकृतिस्थ होकर प्रकृतिसे उत्पन्न सब गुणोंको भोगता है किन्तु इस पुरुषके सत् एवं असत् योनियोंमें जन्म होनेका कारण गुणों (सत्त्व आदि) का सङ्ग है ॥ ७३ ॥ इस देहमें (वर्त्तमान भी) पुरुष (इससे) पर अर्थात् पृथक् हैं क्योंकि वे साक्षिमात्र, अनुग्रहकर्त्ता, पोषणकर्त्ता, प्रतिपालक और महेश्वर हैं ॥ ७४ ॥ जो इस प्रकारसे पुरुषको और गुणोंके साथ प्रकृतिको जानता है वह किसी प्रकारसे अथवा किसी अवस्थामें वर्त्तमान रहनेपर भी पुनर्जन्म ग्रहण नहीं करता है ॥ ७५ ॥ कोई कोई ध्यानयोगसे आत्माको बुद्धिके द्वारा देहमें देखते हैं, अन्य कोई ज्ञानयोगके द्वारा और कोई (निष्काम)

अन्ये त्वेवमजानन्तः श्रुत्वाऽन्येभ्य उपासते।
तेऽपि चातितरन्त्येव मृत्युं श्रुतिपरायणाः॥ ७७॥
यावत्संजायते किञ्चित् सत्त्वं स्थावरजङ्गमम्।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञसंयोगात् तद्विद्त्त विबुधर्षभाः!॥ ७८॥
समं सर्व्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्।
विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति स पश्यति॥ ७९॥
समं पश्यन् हि सर्व्वत्र समवस्थितमीश्वरम्।
न हिनस्त्यात्मनात्मानं ततो याति परां गतिम्॥ ८०॥
प्रकृत्यैव च कर्म्माणि क्रियमाणानि सर्व्वशः।
यः पश्यति तथात्मानमकर्तारं स पश्यति॥ ८१॥
यदा भूतपृथग्भावमेकस्थमनुपश्यति।
तत एव च विस्तारं ब्रह्म सम्पद्यते तदा॥ ८२॥

कर्म्मयोगके द्वारा आत्माको देखते हैं॥ ७६॥ किन्तु अन्य कोई कोई इस प्रकारसे अर्थात् साङ्ख्ययोगादिके द्वारा आत्माको नहीं जानते हुए अन्य अर्थात् गुरु आचार्य्य आदिसे सुनकर उपासना करते हैं वे भी श्रुतिपरायण होकर मृत्युको अतिक्रमण करते ही हैं॥ ७७॥ हे देवश्रेष्ठो! जो कुछ स्थावर या जङ्गम जीव उत्पन्न होते हैं वे सब क्षेत्र और क्षेत्रज्ञके संयोगसे उत्पन्न होते हैं सो जानो॥ ७८॥ सब जीवोंमें समभावसे अवस्थित और सब जीवोंके विनाश होते रहनेपर भी अविनाशी जो परमात्मा हैं उनको जो देखता है वही देखता है॥ ७९॥ क्योंकि सब भूतोंमें समभावसे अवस्थित परमात्माको देखता हुआ साधक अपनेसे अपनेको हनन नहीं करता है इसलिये वह परागति अर्थात् मुक्तिको प्राप्त होता है॥ ८०॥ प्रकृति ही सब प्रकारके कार्य्योंको करती है और आत्मा अकर्त्ता है, इस प्रकार जो देखता है वही देखता है॥ ८१॥ जब भूतोंके पृथग्भावको एकस्थ अर्थात् एकही ब्रह्ममें अवस्थित देखता है और उसी एकसे भूतोंका

अनादित्वान्निर्गुणत्वात् परमात्मायमव्ययः।
शरीरस्थोऽपि भो देवाः! न करोति न लिप्यते ॥ ८३ ॥
यथा सर्व्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते।
सर्व्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलिप्यते ॥ ८४ ॥
यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः।
क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति निर्ज्जराः! ॥ ८५ ॥
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरेवमन्तरं ज्ञानचक्षुषा।
भूतप्रकृतिमोक्षञ्च ये विदुर्यान्ति ते परम् ॥ ८६ ॥
परं भूयः प्रवक्ष्यामि ज्ञानानां ज्ञानमुत्तमम्।
यज्ज्ञात्वा मुनयः सर्व्वे परां सिद्धिमितो गताः ॥ ८७ ॥
इदं ज्ञानमुपाश्रित्य मम साधर्म्म्यमागताः।
सर्गेऽपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च ॥ ८८ ॥

विस्तार देखता है तब वह ब्रह्म होजाता है ॥ ८२ ॥ हे देवगण! ये परमात्मा अनादि और निर्गुण होनेके कारण अविकारी हैं (इसलिये) शरीरमें रहनेपर भी न करते हैं और न (फलोंसे) लिप्त होते हैं ॥८३॥ जिस प्रकार सबमें रहनेवाला आकाश सूक्ष्म होनेके कारण लिप्त नहीं होता है उसी प्रकार देहमें सर्वत्र अवस्थित परमात्मा (देहधर्म्मसे) लिप्त नहीं होते हैं ॥ ८४ ॥ हे देवगण! जिस प्रकार एक सूर्य्य इस सम्पूर्ण लोकको प्रकाशित करता है उसी प्रकार क्षेत्री अर्थात् क्षेत्रज्ञ आत्मा सम्पूर्ण क्षेत्र अर्थात् महाभूतादिविशिष्ट शरीरोंको प्रकाशित करता है ॥ ८५ ॥ इस प्रकारसे जो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका प्रभेद एवं जीवोंकी प्रकृतिसे मुक्ति ज्ञाननेत्रसे जानते हैं वे परमपदको प्राप्त होते हैं ॥८६॥ मैं पुनः सब ज्ञानोंमें उत्तम परम ज्ञान अर्थात् परमात्मसम्बन्धी ज्ञान कहूंगा जिसको जानकर सब मुनिगण इस देहबन्धनसे (मुक्त होकर) परा सिद्धि अर्थात् मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥८७॥ इस ज्ञानको पाकर मेरे स्वरूपत्वको प्राप्त होते हुए (वे मुनिगण) सृष्टिकालमें भी उत्पन्न नहीं होते और न प्रलयकालमें प्रलयका

मम योनिर्महद्ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहं ।
सम्भवः सर्व्वभूतानां ततो भवति निर्ज्जराः ! ॥ ८९ ॥
सर्व्वयोनिषु भो देवाः ! मूर्त्तयः सम्भवन्ति याः ।
तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता ॥ ९० ॥
पञ्चैतानि सुरश्रेष्ठाः ! कारणानि निबोधत ।
सांख्ये कृतान्ते प्रोक्तानि सिद्धये सर्व्वकर्म्मणाम् ॥ ९१ ॥
अधिष्ठानं तथा कर्त्ता करणञ्च पृथग्विधम् ।
विविधाश्च पृथक् चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम् ॥ ९२ ॥
शरीरवाङ्मनोभिर्यत् कर्म्म प्रारभ्यते खलु ।
न्याय्यं वा विपरीतं वा पञ्चैते तस्य हेतवः ॥ ९३ ॥
तत्रैवं सति कर्त्तारमात्मानं केवलन्तु यः ।
पश्यत्यकृतबुद्धित्वान्न स पश्यति दुर्मतिः ॥ ९४ ॥

दुःख अनुभव करते हैं ॥ ८८ ॥ हे देवगण ! महद्ब्रह्म अर्थात् मूलप्रकृति मेरी योनि (गर्भाधानका स्थान) है, उसीमें मैं गर्भाधान करता हूं उससे सब भूतोंकी अर्थात् ब्रह्मा आदिकी उत्पत्ति होती है ॥ ८९ ॥ हे देवगण ! सब योनियोंमें जो (स्थावर जङ्गम रूपी) मूर्त्तियां उत्पन्न होती हैं महद्ब्रह्म अर्थात् मूलप्रकृति उनकी योनि अर्थात् मातृस्थानीय है और मैं बीजप्रद (गर्भाधानकर्त्ता) पिता हूं ॥ ९० ॥ हे सुरश्रेष्ठो ! सब कर्म्मोंकी सिद्धिके लिये ज्ञानप्रतिपादक शास्त्रमें कहे हुए वक्ष्यमाण पांच कारणोंको जानो ॥९१॥ इस संसारमें अधिष्ठान (शरीर) कर्त्ता (अहङ्कार) अनेक प्रकारके करण (चक्षुरादि इन्द्रियां) नानाविध चेष्टा अर्थात् प्राण अपान आदिकी क्रियाएँ और दैव पाचवां है ॥ ९२ ॥ शरीर, वाक् और मन द्वारा जो धर्म्म अथवा अधर्म्म कर्म्म कियाजाता है, पूर्वोक्त ये ही पांच उसके हेतु हैं ॥ ९३ ॥ ऐसा होनेपर उक्त विषयमें जो व्यक्ति केवल (निःसङ्ग) आत्माको कर्त्ता समझता है, अनिर्मल बुद्धि होनेके कारण वह दुर्मति (अविवेकी) देख नहीं सकता है अर्थात्

यस्य नाऽहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते ।
हत्वाऽपि स इमान् लोकान् न हन्ति न निबध्यते ॥ ९५ ॥
दूरेण ह्यवरं कर्म्म बुद्धियोगाद्दिवौकसः ! ।
अन्विच्छताश्रयं बुद्धौ कृपणाः फलहेतवः ॥ ९६ ॥
या निशा सर्व्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी ।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः ॥ ९७ ॥
प्रजहाति यदा कामान् देवाः ! सर्व्वान् मनोगतान् ।
आत्मन्येवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते ॥ ९८ ॥
दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः ।
वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते ॥ ९९ ॥

यथार्थदर्शी नहीं है ॥ ९४ ॥ जिसको " मैं कर्त्ता हूं " यह भाव नहीं है और जिसकी बुद्धि (इष्टानिष्ट कर्म्ममें) लिप्त नहीं होती है वह इन सब लोकोंको नाश करके भी नहीं नाश करता है और बन्धनको प्राप्त नहीं होता है॥९५॥हे देवगण! ज्ञानयोगकी अपेक्षा काम्यकर्म्म अत्यन्त ही निकृष्ट है इसलिये आपलोग ज्ञानयोगके आश्रयकी इच्छा करें, फलके चाहनेवाले व्यक्ति कृपण अर्थात् निकृष्ट होते हैं ॥९६॥ (अज्ञानाच्छन्न) सब भूतोंकेलिये जो रात्रि है अर्थात् वे आत्माको नहीं देखसक्ते हैं उस रात्रिमें जितेन्द्रिय व्यक्ति जागता है अर्थात् आत्मसाक्षात्कार करता है और जिस (विषयबुद्धि) में जीवगण जागते हैं अर्थात् जगत्को सत्य अनुभव करते हैं वह आत्मतत्त्वदर्शी मुनिकेलिये रात्रिके समान है अर्थात् उसकी विषयोंकी ओर दृष्टि नहीं रहती है ॥ ९७ ॥ हे देवगण ! (परमानन्दरूप) आत्मामेंही स्वयं तुष्ट होकर जब (योगी) मनोगत सम्पूर्ण कामनाओंका त्याग करता है तब वह स्थितप्रज्ञ कहाजाता है ॥ ९८ ॥ जिसका मन दुःखोंमें उद्विग्न नहीं होता है, सुखोंमें जिसकी स्पृहा नहीं है और जिसके राग, भय एवं क्रोध दूर होगये हैं वह मुनि ' स्थितधी ' कहाजाता है ॥ ९९ ॥

यः सर्व्वत्रानभिस्नेहस्तत्तत् प्राप्य शुभाशुभम्।
नाभिनन्दति न द्वेष्टि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥ १००॥
यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्व्वशः।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥ १०१॥
विषया विनिवर्त्तन्ते निराहारस्य देहिनः।
रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्त्तते॥ १०२॥
यततो ह्यपि हे देवाः! साधकस्य विपश्चितः।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः॥ १०३॥
तानि सर्व्वाणि संयम्य युक्त आसीत मत्परः।
वशे हि यस्येन्द्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥ १०४॥
ध्यायतो विषयानस्य सङ्गस्तेषूपजायते।

जो सब विषयोंमें ममताशून्य होकर उस उस शुभ और अशुभको प्राप्त करके न आनन्दित होता है और न विषादयुक्त होता है उसकी प्रज्ञा प्रतिष्ठित होती है अर्थात् प्रकृष्टरूपसे ब्रह्ममें स्थित रहती है॥ १००॥ जब यह (योगी) इन्द्रियोंके सब विषयोंसे इन्द्रियोंको, कछुआ जैसे अङ्गोंको खींच लेता है उसी प्रकार सर्वथा खींच लेता है तब उसकी प्रज्ञा प्रतिष्ठित होती है॥ १०१॥ जो इन्द्रियद्वारा विषय ग्रहण नहीं करता है ऐसे देहधारी व्यक्तिके विषय निवृत्त होजाते हैं किन्तु भोगाभिलाषा निवृत्त नहीं होती है; परन्तु परमात्माके साक्षात्कार होनेपर उसकी वह विषयभोगकी अभिलाषा भी निवृत्त होजाती है॥ १०२॥ क्योंकि हे देवगण! यत्न करते हुए विद्वान् साधकके भी मनको प्रमाथी अर्थात् क्षोभ उत्पन्न करनेवाले इन्द्रियगण हठात् खींच लेते हैं॥ १०३॥ योगी उन सब इन्द्रियोंको संयत करके आत्मपरायण होकर रहें क्योंकि जिसकी इन्द्रियां वशमें हैं उसकी प्रज्ञा प्रतिष्ठित है॥ १०४॥ विषयोंकी चिन्ता करनेवाले

सङ्गात्संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते ॥ १०५ ॥
क्रोधात् भवति संमोहः संमोहात् स्मृतिविभ्रमः।
स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति॥ १०६ ॥
रागद्वेषवियुक्तैस्तु विषयानिन्द्रियैश्चरन्।
आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति ॥ १०७ ॥
प्रसादे सर्व्वदुःखानां हानिरस्योपजायते।
प्रसन्नचेतसो ह्याशु बुद्धिः पर्य्यवतिष्ठते ॥ १०८ ॥
नास्ति बुद्धिरयुक्तस्य न चायुक्तस्य भावना।
न चाभावयतः शान्तिरशान्तस्य कुतः सुखम् ॥१०९॥
इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते।

योगीकी आसक्ति विषयोंमें होजाती है और आसक्तिसे काम उत्पन्न होता है एवं कामसे क्रोध उत्पन्न होता है ॥ १०५ ॥ क्रोधसे सम्मोह होता है,सम्मोहसे स्मृतिविभ्रम, स्मृतिके भ्रष्ट होनेसे बुद्धि-का नाश और बुद्धिनाशसे (जीव) नष्ट होजाता है अर्थात् घोररूपसे पतित होजाता है ॥ १०६ ॥ किन्तु रागद्वेषसे रहित आत्मवशीभूत इन्द्रियोंके द्वारा विषयभोग करनेपर जिसका मन वशीभूत है ऐसा व्यक्ति प्रसाद (आत्मप्रसाद-परमप्रसन्नता) अर्थात् शान्तिलाभ करता है ॥ १०७ ॥ आत्मप्रसाद प्राप्त करनेपर योगीके सब दुःख नष्ट होजाते हैं क्योंकि प्रसन्नचित्त व्यक्तिकी बुद्धि शीघ्र प्रतिष्ठित अर्थात् आत्मनिष्ठ होजाती है ॥ १०८ ॥ (ब्रह्ममें) अयुक्त व्यक्तिकी (आत्मविषयिणी)बुद्धि नहीं होती है, अयुक्त व्यक्तिको भावना अर्थात् आत्मविषयक ध्यान भी नहीं होता है, आत्मध्यानविहीन व्यक्तिको शान्ति नहीं मिलती और शान्तिहीन व्यक्तिकेलिये (मोक्षानन्द-रूप) सुख कहां ? ॥ १०९ ॥ क्योंकि जिस प्रकार वायु (असाव-धान कर्णधारवाली) नौकाको जलमें डुबा देता है उसी प्रकार इन्द्रियां जिधरको जाती हैं उसी ओर जो मन लगायाजाता है तो

तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि ॥ ११० ॥
तस्माद्यस्य सुरश्रेष्ठाः ! निगृहीतानि सर्व्वशः ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ १११ ॥

देवा ऊचुः ॥ ११२ ॥

ज्ञानाधार ! दयागार ! विश्वात्मन् ! विश्वभावन ! ।
रहस्यं ज्ञानकाण्डस्य वैदिकस्य तदद्भुतम् ॥ ११३ ॥
श्रुत्वा साम्प्रतमज्ञानान्मुक्ता जाता वयं विभो ! ।
किन्तु संश्रूयते नाथ ! कश्चिज्जीवो न चार्हति ॥ ११४ ॥
सन्न्यासेन विना मुक्तिमधिगन्तुं कदाचन ।
सन्न्यासलक्षणञ्चातस्तद्रहस्यञ्च हे प्रभो ! ॥ ११५ ॥
ब्रूहि येन कृतार्था हि भवामस्त्वरितं वयम् ।
प्राप्नुमः परमात्मानं भवन्तं चैव मुक्तिदम् ॥ ११६ ॥

वह मन योगीकी प्रज्ञाको (विषयमें) खींच लेता है ॥ ११० ॥ इसलिये हे सुरश्रेष्ठो ! जिसकी इन्द्रियां इन्द्रियोंके विषयोंसे सब प्रकारसे निगृहीत हैं उसकी प्रज्ञा प्रतिष्ठित होती है ॥ १११ ॥

देवतागण बोले ॥ ११२ ॥

हे ज्ञानाधार ! हे दयासिन्धो ! हे विश्वात्मन् ! हे विश्वभावन ! वैदिक ज्ञानकाण्डके उस अद्भुत रहस्यको सुनकर हे विभो ! हम इस समय अज्ञानमुक्त हुए हैं परन्तु हे नाथ ! सुना है कि विना सन्न्यासके कोई जीव कभी मुक्त नहीं हो सक्ता इस कारण हे प्रभो ! सन्न्यास क्या है और इसका रहस्य क्या है सो कहें जिससे हम शीघ्र कृतकृत्य होवें और परमात्मा और मुक्तिदाता आपको प्राप्त हों ॥ ११३-११६ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ११७ ॥

सन्न्यासः कर्म्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ ।
तयोस्तु कर्म्मसन्न्यासात् कर्म्मयोगो विशिष्यते ॥ ११८॥
ज्ञेयः स नित्यसन्न्यासी यो न द्वेष्टि न काङ्क्षति ।
निर्द्वन्द्वो हि सुपर्वाणः ! सुखं बन्धाद्विमुच्यते ॥ ११९ ॥
सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः ।
एकमप्यास्थितः सम्यगुभयोर्विन्दते फलम् ॥ १२० ॥
यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते ।
एकं सांख्यञ्च योगञ्च यः पश्यति स पश्यति ॥ १२१ ॥
सन्न्यासस्तु सुरश्रेष्ठाः ! दुःखमाप्तुमयोगतः ।
योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाऽधिगच्छति ॥ १२२ ॥
योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः ।

महाविष्णु बोले ॥ ११७ ॥

कर्म्मत्याग और कर्म्मयोग दोनों मोक्षदायक हैं किन्तु उनमें कर्म्मसन्न्याससे कर्म्मयोग श्रेष्ठ है ॥११८॥ जो न द्वेष करता है और न आकाङ्क्षा करता है उसको नित्य सन्न्यासी अर्थात् कर्म्मके अनुष्ठानकालमें भी सन्न्यासी जानना उचित है क्योंकि हे देवगण ! (रागद्वेषादि) द्वन्द्वसे रहित व्यक्ति अनायास बन्धनसे छूटजाता है॥११९॥साङ्ख्य और योग अर्थात् ज्ञानयोग और कर्म्मयोग पृथक् हैं इस बातको अज्ञलोग कहते हैं पण्डितलोग नहीं कहते हैं क्योंकि एकका सम्यक् आश्रय करनेवाला भी दोनोंका फल पाता है ॥१२०॥ जो स्थान साङ्ख्य से प्राप्त होता है वह योगसे भी प्राप्त होता है, जो साङ्ख्य और योगको एक देखता है वह देखता है अर्थात् वह यथार्थदर्शी है ॥ १२१ ॥ हे सुरश्रेष्ठो ! कर्म्मयोगके विना सन्न्यास का प्राप्त करना दुःसाध्य है किन्तु योगयुक्त मुनि शीघ्रही ब्रह्मको प्राप्त करता है ॥ १२२ ॥ विशुद्धचित्त, विजितमन, जितेन्द्रिय और

सर्व्वभूतात्मभूतात्मा कुर्व्वन्नपि न लिप्यते ॥ १२३ ॥
नैव किञ्चित् करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित् ।
पश्यन् शृण्वन्स्पृशन् जिघ्रन्नश्नन् गच्छन्स्वपन् श्वसन् ॥१२४॥
प्रलपन् विसृजन् गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्त्तन्त इति धारयन् ॥ १२५ ॥
ब्रह्मण्याधाय कर्म्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥ १२६ ॥
सर्व्वकर्म्माणि मनसा सन्न्यस्यास्ते सुखं वशी ।
नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्व्वन् न कारयन् ॥ १२७ ॥
अनाश्रितः कर्म्मफलं कार्य्यं कर्म्म करोति यः ।
स सन्न्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाऽक्रियः ॥१२८॥
यत्कुरुध्वे यदश्नीथ यज्जुहुध्वे च दत्थ यत् ।

सब भूतोंकी आत्माही जिसकी आत्मा है ऐसा योगयुक्त व्यक्ति कर्म्म करता हुआ भी कर्म्ममें बद्ध नहीं होता है ॥ १२३ ॥ (ब्रह्ममें) युक्त तत्त्ववित् व्यक्ति दर्शन, श्रवण, स्पर्श, घ्राण, भोजन, गमन, निद्रा, श्वास, भाषण, त्याग, ग्रहण, उन्मेष और निमेष करता हुआ भी, इन्द्रियगण इन्द्रियके विषयोंमें प्रवृत्त होते हैं ऐसी धारणा करता हुआ मैं कुछ भी नहीं करता हूं ऐसा समझता है ॥ १२४–१२५ ॥ जिस प्रकार पद्मपत्र जलमें लिप्त नहीं होता है उसी प्रकार कर्म्मोंको ब्रह्ममें समर्पित और फलासक्ति त्याग करके जो कर्म्म करता है वह पाप अर्थात् बन्धन करनेवाले कर्म्मोंसे लिप्त नहीं होता है ॥१२६॥ जितेन्द्रिय देही (विवेकयुक्त) मनके द्वारा सब कर्म्मोंका त्याग करके नव द्वारोंसे युक्त पुरमें अर्थात् स्थूल शरीरमें नहीं कुछ करता हुआ और नहीं कुछ कराता हुआ सुखपूर्वक रहता है ॥ १२७ ॥ जो कर्म्मफलका आश्रय नहीं करके कर्त्तव्य कर्म्म करता है वही सन्न्यासी है और वही योगी है। निरग्नि अर्थात् अग्निसाध्य इष्टादि कर्म्म-

यत्तपस्यथ भो देवाः! तत्कुरुध्वं मदर्पणम् ॥ १२९ ॥
शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्यध्वे कर्म्मबन्धनैः।
सन्न्यासयोगयुक्ता हि विमुक्ता मामुपैष्यथ ॥ १३० ॥
काम्यानां कर्म्मणां न्यासं सन्न्यासं कवयो विदुः।
सर्व्वकर्म्मफलत्यागं प्राहुस्त्यागं विचक्षणाः ॥ १३१ ॥
त्याज्यं दोषवदित्येके कर्म्म प्राहुर्मनीषिणः।
यज्ञदानतपःकर्म्म न त्याज्यमिति चापरे ॥ १३२ ॥
श्रूयतां निश्चयस्तत्र त्यागे मेऽमृतभोजिनः!।
त्यागो हि विबुधश्रेष्ठाः! त्रिविधः परिकीर्त्तितः ॥ १३३ ॥
यज्ञदानतपःकर्म्म न त्याज्यं कार्य्यमेव तत्।
यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम् ॥ १३४ ॥

त्यागी और अक्रिय (पूर्त्तादिकर्म्म रहित) व्यक्ति सन्न्यासी नहीं होता है ॥१२८॥ हे देवगण! आपलोग जो कर्म करते हैं, जो भोजन करते हैं, जो होम करते हैं, जो देते हैं और जो तपस्या करते हैं उसको मुझमें अर्पण करें ॥ १२९ ॥ ऐसा करनेसे शुभ और अशुभ फल देनेवाले कर्म्मबन्धनोंसे छूटजाओगे क्योंकि आपलोग (मुझमें फलसमर्पण-रूपी) सन्न्यासयोगमें युक्त होनेसे विमुक्त होकर मुझको प्राप्त करेंगे ॥ १३० ॥ दूरदर्शी पण्डितलोग काम्यकर्म्मोंके त्यागको सन्न्यास कहते हैं और सब कर्म्मोंके फलोंके त्यागको त्याग कहते हैं ॥ १३१ ॥ कोई कोई पण्डितलोग दोषयुक्त कर्म्मको त्याज्य कहते हैं और कोई यज्ञ, तप और दान त्याज्य नहीं है ऐसा कहते हैं ॥ १३२ ॥ हे अमृतभोजी देवश्रेष्ठो! उस त्यागके विषयमें मेरा निश्चय सुनें। त्याग तीन प्रकारका कहागया है ॥१३३॥ यज्ञ, तप और दान ये तीन कर्म्म त्याग करनेके योग्य नहीं हैं ये निश्चयही कर्तव्य हैं, यज्ञ तप और दान विवेकियोंको भी पवित्र करनेवाले हैं ॥ १३४ ॥

एतान्यपि तु कर्म्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च।
कर्त्तव्यानीति मे देवाः! निश्चितं मतमुत्तमम्॥ १३५॥
न द्वेष्ट्यकुशलं कर्म्म कुशले नानुषज्जते।
त्यागी सत्त्वसमाविष्टो मेधावी छिन्नसंशयः॥ १३६॥
नहि देहभृता शक्यं त्यक्तुं कर्म्माण्यशेषतः।
यस्तु कर्म्मफलत्यागी स त्यागीत्यभिधीयते॥ १३७॥
अनिष्टमिष्टं मिश्रञ्च त्रिविधं कर्म्मणः फलम्।
भवत्यत्यागिनां प्रेत्य न तु सन्न्यासिनां क्वचित्॥ १३८॥
सिद्धिं प्राप्तो यथा ब्रह्म तथाप्नोति निबोधत।
समासेनैव भो देवाः! निष्ठा ज्ञानस्य या परा॥ १३९॥
बुद्ध्या विशुद्धया युक्तो धृत्यात्मानं नियम्य च।
शब्दादीन् विषयाँस्त्यक्त्वा रागद्वेषौ व्युदस्य च॥ १४०॥
विविक्तसेवी लघ्वाशी यतवाक्कायमानसः।

किन्तु हे देवगण! ये कर्म्म भी आसक्ति और फलका त्याग करके करने योग्य हैं यह मेरा निश्चित उत्तम मत है॥ १३५॥ सत्त्वगुणशाली मेधावी संशयरहित त्यागी व्यक्ति अकुशल (दुःखजनक) कर्म्ममें द्वेष नहीं करता है और न कुशल (सुखकर) कर्म्ममें आसक्त होता है॥ १३६॥ क्योंकि देहधारी निःशेषरूपसे कर्म्मोंका त्याग नहीं कर सकता है किन्तु जो कर्म्मके फलको त्याग करता है वह त्यागी कहाजाता है॥ १३७॥ इष्ट (प्रिय) अनिष्ट (अप्रिय) और मिश्र अर्थात् इष्टानिष्ट, यह कर्म्मका त्रिविध फल सकाम व्यक्तियोंको परकालमें होता है किन्तु सन्न्यासियोंको कहीं भी नहीं होता है॥ १३८॥ हे देवगण! नैष्कर्म्यसिद्धि-प्राप्त व्यक्ति जिस प्रकार ब्रह्मको प्राप्त होता है और जो चरम ज्ञान है उसको संक्षेपसे ही सुनो॥ १३९॥ विशुद्ध-बुद्धियुक्त होकर धैर्य्यके द्वारा बुद्धिको संयत करके शब्दादि विषयोंका त्याग करके और राग द्वेषको दूर करके निर्जनस्थानवासी एवं मितभोजी होकर शरीर वाणी और मनको संयत करके सदा ज्ञानयोगमें तत्पर होता हुआ वैराग्यको

ध्यानयोगपरो नित्यं वैराग्यं समुपाश्रितः ॥ १४१ ॥
अहङ्कारं बलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहम् ।
विमुच्य निर्म्ममः शान्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ १४२ ॥
ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न काङ्क्षति ।
समः सर्व्वेषु भूतेषु सन्न्यासं लभते परम् ॥ १४३ ॥
मां सन्न्यासेन जानाति यावान् यश्चाऽस्मि तत्त्वतः ।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम् ॥ १४४ ॥
सर्व्वकर्म्माण्यपि सदा कुर्व्वाणो मद्व्यपाश्रयः ।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम् ॥ १४५ ॥
चेतसा सर्व्वकर्म्माणि मयि सन्न्यस्य मत्पराः ।
बुद्धियोगमुपाश्रित्य मच्चित्ताः स्यात सर्व्वथा ॥ १४६ ॥

इति श्रीविष्णुगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे देवमहाविष्णुसम्वादे ज्ञानयोगवर्णनं नाम षष्ठोऽध्यायः ।

भलीभांति आश्रय करके अहङ्कार, बल, दर्प, काम, क्रोध और परिग्रहका त्याग करके ममताशून्य होकर शान्त व्यक्ति ब्रह्म ही होजाता है ॥ १४०-१४२ ॥ ब्रह्मभूत और प्रसन्नचित्त व्यक्ति (नष्ट वस्तुकेलिये) शोक नहीं करता है और (अप्राप्त वस्तुकेलिये) आकाङ्क्षा नहीं करता है, सब भूतोंमें समभावापन्न होकर श्रेष्ठ सन्न्यासको प्राप्त होता है ॥ १४३ ॥ मैं जिस प्रकारका और जो हूं सो यथार्थरूपसे सन्न्यासके द्वारा वह जानता है और मुझको यथार्थरूपसे जानकर अनन्तर मुझमें प्रवेश कर जाता है॥१४४॥सर्वदा सब प्रकारका कर्म्म करता हुआ भी मत्परायण व्यक्ति मेरे अनुग्रहसे सनातन नित्यपदको प्राप्त होता है ॥ १४५ ॥ (आपलोग) चित्तसे सब कर्म्मोंको मुझमें अर्पण करके मत्परायण होकर बुद्धियोगका आश्रय करके सर्वथा मच्चित्त होवें॥१४६॥

इस प्रकार श्रीविष्णुगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी योगशास्त्रका देवमहाविष्णुसम्वादात्मक ज्ञानयोगवर्णन-नामक षष्ठ अध्याय समाप्त हुआ ।

विश्वरूपदर्शनयोगवर्णनम्।

देवा ऊचुः ॥ १ ॥

सर्व्वलोकाश्रयश्रेष्ठ ! परमात्मन् ! जगद्गुरो ! ।
त्वत्प्राप्तिमुख्यहेतोर्हि ज्ञानकाण्डस्य हे प्रभो ! ॥ २ ॥
रहस्यं मुक्तिदं जाता शृण्वतां नः कृतार्थता ।
भूयोऽपि श्रोतुमिच्छामो मधुरां ते गिरं हिताम् ॥ ३ ॥
कस्मिन् रूपे भवन्तं हि चिन्तयन्तो वयं विभो ! ।
शक्नुमोऽनुपलं लब्धुं भवन्तं ज्ञानदायिनम् ॥ ४ ॥
अशेषं वर्णयित्वेदमस्मानाश्वासय प्रभो ! ।
भवता साम्प्रतं नाथ ! कृपयाऽसीमया यतः ॥ ५ ॥
नानाज्ञानमयैर्वाक्यैः कृतकृत्या वयं कृताः ।
अतो न विरहं सोढुं शक्ष्यामः क्षणमप्युत ॥ ६ ॥

देवतागण बोले ॥ १ ॥

हे सर्व्वलोकाश्रयश्रेष्ठ ! हे प्रभो ! हे परमात्मन् ! हे जगद्गुरो ! आपकी प्राप्तिके प्रधान कारणरूप ज्ञानकाण्डका मुक्तिप्रद रहस्य सुनकर हमलोग कृतार्थ हुए। हम फिर भी आपकी मधुर और हितकरी वाणीको सुनना चाहते हैं ॥ २-३ ॥ हे विभो ! किस रूपमें आप ज्ञानदाताको चिन्तन करनेसे हमलोग हर समय आपको प्राप्त करनेमें समर्थ होंगे ॥ ४ ॥ हे प्रभो ! इस विषयको पूर्णतया वर्णन करके हमें आश्वासन दीजिये क्योंकि हे नाथ ! इस समय आपने जो असीम कृपा करके अनेक ज्ञानमय उपदेशोंसे हमलोगोंको कृतकृत्य किया है इसलिये हमलोग आपके विरहको क्षणभर भी सहन नहीं कर सकेंगे ॥ ५-६ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ७ ॥

अपि वः श्रद्धया भक्त्या प्रसन्नोऽस्मि दिवौकसः ! ।
भवद्भ्यः साम्प्रतं दिव्यं ज्ञाननेत्रं ददाम्यहम् ॥ ८ ॥
यूयं यज्ज्ञाननेत्रेण स्थातुं शक्ताः सुरर्षभाः ! ।
चेद्विज्ञानमये कोषे तदा भवितुमर्हथ ॥ ९ ॥
कृतकृत्या अनाद्यन्तं दृष्ट्वा नित्यास्थितं विभुम् ।
रूपं स्थूलादपि स्थूलं ममैतद्धि प्रतिक्षणम् ॥ १० ॥

व्यास उवाच ॥ ११ ॥

ततो ज्ञाननिधिर्मान्यो महाविष्णुर्दयार्णवः ।
दिव्यं ज्ञानमयं चक्षुर्देवेभ्यो दत्तवान् प्रभुः ॥ १२ ॥
सर्व्वे देवास्तदानीम्वै स्थिराङ्गाः स्थिरलोचनाः ।
समाधिस्था भवन्तो हि विस्मिताश्च विशेषतः ॥ १३ ॥
बुद्धेरतीतं जीवानामवाङ्मनसगोचरम् ।
विराड्रूपञ्च पश्यन्तस्तुष्टुवुस्ते तदद्भुतम् ॥ १४ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ७ ॥

हे देवगण ! आपलोगोंकी श्रद्धा और भक्तिसे मैं प्रसन्न हूँ, अब मैं आपलोगोंको दिव्य ज्ञाननेत्र प्रदान करता हूँ जिसके द्वारा हे सुर-श्रेष्ठो ! आप यदि विज्ञानमय कोषमें स्थित रहसकोगे तो मेरे इस अनादि अनन्त नित्यस्थित विभु स्थूलातिस्थूल रूपको हर समय दर्शन करके कृतकृत्य हो सकोगे ॥ ८–१० ॥

व्यासदेव बोले ॥ ११ ॥

तब करुणासागर ज्ञाननिधि और मान्य प्रभु महाविष्णुने देवताओंको ज्ञानमय दिव्य चक्षु प्रदान किया ॥१२॥ तब वे सब देवगण स्थिर-गात्र और स्थिरनेत्र होकर समाधिस्थ और विशेष विस्मित होते हुए जीवोंके मन वचन और बुद्धिसे अतीत उस अद्भुत विराट्रूपका दर्शन करते हुए स्तुति करनेलगे ॥ १३–१४ ॥

देवा ऊचुः ॥ १५ ॥

देवादिदेव ! त्वदचिन्त्यदेहे
आद्यन्तशून्ये प्रसमीक्ष्य नूनम् ।
देवानृषीन् पितृगणाननन्तान्
पृथक् स्थितान् विस्मयमावहामः ॥ १६ ॥
तवैव देहाद्भुवनानि देव !
चतुर्दशैतेषु निवासिनो हि ।
देवाश्च दैत्याश्च मनुष्यसङ्घा-
श्चतुर्विधा भूतगणाश्च सर्वे ॥ १७ ॥
जाताः पृथक् सन्ति चतुर्दशस्वहो
यान्त्यत्र नाशं भुवनैर्निजैः समम् ।
संपश्यतामीदृशमद्भुतं प्रभो !
बुद्धिर्भ्रमे मज्जति नः समाकुला ॥ १८ ॥
देवाश्च ये स्थूलशरीरमानिनो
विशन्ति ते सूक्ष्मशरीरमानिषु ।

देवतागण बोले ॥ १५ ॥

हे देवादिदेव ! हमलोग आपके अनादि अनन्त और अचिन्त्य देहमें अनन्त देवसमूह, ऋषिसमूह और पितृसमूहको पृथक् पृथक् स्थित देखकर अवश्य ही विस्मित हो रहे हैं ॥ १६ ॥ हे देव ! आपके ही देहसे चतुर्दश भुवन और इनके निवासी देव, दैत्य, मनुष्यसमूह और सब चतुर्विध भूतसङ्घ उत्पन्न हुए हैं, चतुर्दश भुवनोंमें पृथक् पृथक् हैं और अहो ! अपने लोकोंके साथ इसी (आपके देहमें) नाशको प्राप्त होते हैं। हे प्रभो ! इस प्रकार आश्चर्य्यको देखते हुए हमलोगोंकी बुद्धि व्याकुल होकर भ्रममें मग्न होती है ॥ १७-१८ ॥ अहो ! जो स्थूलदेहाभिमानी देवतागण हैं वे सूक्ष्मदेहाभिमानी

देवास्तु ये सूक्ष्मशरीरमानिनो
विशन्त्यहो कारणकायमानिषु ॥ १९ ॥
इमे तु सर्वे प्रविशन्त्यचिन्त्ये
महाप्रभावे क्व च तन्न विद्मः ।
दृष्ट्वेदृशं तेऽद्भुतकार्यमीश !
वयं विमुग्धाः खलु ते प्रभावात् ॥ २० ॥
साचिन्त्यशक्तिर्भवतो ध्रुवा किम् ?
या वाङ्मनोबुद्धिभिरप्रमेया ।
त्वत्तो जनित्वा निजगर्भमध्ये
लोकान् धरत्येव चतुर्दशालम् ॥ २१ ॥
ब्रह्माण्डमप्येवमनन्तपिण्ड-
मयञ्च सर्गं धरते सदा सा ।
सर्वं प्रसूते पुनरन्तकाले
लीनं तु तत् सा कुरुते स्वगर्भे ॥ २२ ॥
दृष्ट्वा चमत्कारमिमं न विद्मः

देवताओंमें प्रवेश करते हैं और जो सूक्ष्मदेहाभिमानी देवतागण हैं वे कारणदेहाभिमानी देवताओंमें प्रवेश करते हैं ॥ १९ ॥ किन्तु ये सब किस अचिन्त्य महाप्रभाववान्में प्रवेश करते हैं सो हमलोग नहीं समझ रहे हैं । हे ईश ! इस प्रकार आपका अद्भुत कार्य्य देखकर आपके प्रभावसे हमलोग विमुग्ध हो रहे हैं ॥ २० ॥ क्या वह नित्या अचिन्त्य शक्ति आपकी है ? वाणी मन और बुद्धिसे अगोचर जो शक्ति आपसेही उत्पन्न होकर चतुर्दश लोकोंको अपने गर्भमें भलीभांति धारण करती है ॥ २१ ॥ इसी प्रकार वह शक्ति अनन्त ब्रह्माण्ड और पिण्डमय सृष्टिको भी सदा स्थित रखती है, सबको उत्पन्न करती है और पुनः अन्तकालमें वह उन सबोंको अपने गर्भमें लीन करलेती है ॥ २२ ॥ हे ईश ! इस चमत्कारको देखकर हम नहीं समझ रहे हैं

कथं भवत्यद्भुतमेतदीश ! ।
किं कारणञ्चास्य पुनः क आदि-
रस्य प्रवाहस्य तथाऽस्ति कोऽन्तः ॥ २३ ॥
अनन्त ! सर्वेऽनुभवाम आदरात्
त्वामीश ! जन्मस्थितिनाशवर्ज्जितम् ।
अनन्तवक्त्रं बहुधा स्तुतं सुरै-
र्गन्धर्वयक्षैर्विविधैश्च सूरिभिः ॥ २४ ॥
अमितशक्तियुतोऽपि भवन् भवा-
नमितबाहुरसि त्वमनन्तपात् ।
अमितसूर्य्य मृगाङ्क-शिखिग्रहा-
दमितनेत्रधरस्त्वमिहेक्ष्यसे ॥ २५ ॥
त्वं तेजसां तेज इहासि चेतने
चैतन्यरूपोऽसि ददासि शक्तये ।
शक्तिं प्रभो ! प्रेरयसे मतिं तथा ।
त्वत्सत्तया सर्वमिदं हि सत्त्ववत् ॥ २६ ॥

कि यह चमत्कार कैसे हो रहा है, इसका कारण क्या है और इस प्रवाहका आदि क्या है तथा अन्त क्या है ॥ २३ ॥ हे अनन्त ! हे ईश ! हम सब भलीभांति अनुभव करते हैं कि आप उत्पत्ति, स्थिति और विनाशसे रहित हो, अनन्तमुख हो और अनेक देवता गन्धर्व यक्ष और विद्वानोंके द्वारा अनेक प्रकारसे स्तुत हो ॥ २४ ॥ आप हमलोगोंको यहां अमितशक्तियुक्त होते हुए भी अनन्त बाहु एवं अनन्त पादविशिष्ट और अनन्त सूर्य्य चन्द्र तथा अग्निको ग्रहण करनेवाले होनेके कारण अनन्तनेत्रधारी दृष्टिगोचर हो रहे हैं ॥ २५ ॥ आप तेजोंके भी तेज हैं, चेतनमें चैतन्यरूप हैं, हे प्रभो ! आप शक्तिको शक्ति देते हैं और बुद्धिको (सत्कर्म्मोंमें) प्रेरित करते हैं क्योंकि आपकी सत्तासे यह समस्त विश्व यहां सत्तावान् होरहा है ॥ २६ ॥

विभो ! त्वयैकेन हि मध्यलोक
ऊर्ध्वं तथाऽधश्च दिशां समूहः।
अनाद्यनन्तः समयस्तथासौ
व्याप्तोऽस्ति धीर्येन विमोहिता नः॥ २७॥
गुरो ! जगत्कारण ! ते शरीरा-
दद्वैतरूपात्तव शक्तिराद्या।
याऽचिन्तनीया प्रकटत्वमेति
ब्रह्माण्डमेषा तनुते ह्यनन्तम्॥ २८॥
पूर्वं महत्तत्त्ववराभिमानी
जातस्ततोऽहङ्कृतितत्त्वमानी।
देवस्ततो मानसतत्त्वमानी
निर्माति चोत्पाद्य विचित्रदृश्यम्॥ २९॥
ततः क्रमेणैव सुरा इमे सदा
तन्मात्रतत्त्वस्य किलाभिमानिनः।

हे विभो ! एक आपसे ही ऊर्द्ध्वलोक,अधोलोक, मध्यलोक, अनादि अनन्त यह दिक्‌समूह और अनादि अनन्त यह काल व्याप्त हैं जिससे हमारी बुद्धि विमुग्ध हो रही है॥ २७॥ हे जगत्कारण ! हे गुरो ! अद्वैतरूप आपके शरीरसे जो आपकी अचिन्तनीया आद्या शक्ति प्रकट होती है वही अनन्त ब्रह्माण्डोंका विस्तार करती है॥ २८॥ पहले श्रेष्ठ महत्तत्त्वका अभिमानी देवता प्रकट होता है, अनन्तर अहङ्कारतत्त्वका अभिमानी देवता और उसके पश्चात् मानसतत्त्वका अभिमानी देवता प्रकट होकर विचित्र दृश्यकी रचना करते हैं॥२९॥ उसी क्रमसेही पञ्चतन्मात्राके अभिमानी देवता, पञ्चज्ञानेन्द्रिय और पञ्चकर्म्मेन्द्रियके अभिमानी देवता और पञ्चमहाभूतोंके परम अभिमानी देवता ये सब सदा आपके शरीरसे प्रकट होते हुए

ज्ञानेन्द्रियाणामथ येऽभिमानिनः
कर्म्मेन्द्रियाणामपि येऽभिमानिनः ॥ ३० ॥
ये पञ्चभूतैकपराभिमानिन-
स्ते त्वच्छरीरादभिजायमानाः।
नास्तिस्वरूपाज्जगतोऽस्तिभावं
प्रकुर्वते ते गहनप्रभावः ॥ ३१ ॥
शक्तिस्तवाचिन्त्यविभावशालिनी
स्वस्यां तनौ सर्वलयं प्रकुर्वती।
त्वय्येव नैजं विलयं वितन्वती
प्रपातयत्यत्र विचित्रतासु नः ॥ ३२ ॥
त्वत्तो ह्यनन्ता विधि-विष्णु-शम्भवः
कुर्वन्ति सम्भूय जनिं स्थितिं लयम्।
ब्रह्माण्डकस्याप्यमितस्य सर्वथा
चराचरस्याद्भुतचित्रताजुषः ॥ ३३ ॥
केचिद्यथा बालगणा रजोगृहं
निर्म्मान्त्यवन्त्यन्य इदं तथाऽपरे।

जगत्को नास्तिरूपसे अस्तिरूपमें करदेते हैं; आपका प्रभाव गहन अर्थात् महान् है ॥ ३०-३१ ॥ आपकी अचिन्त्यप्रभावशालिनी शक्ति अपने शरीरमें सबोंको लय करती हुई और अपना विलय आपमें ही करती हुई हमको यहां विचित्रतामें गिरा रही है अर्थात् हमको आश्चर्य्यमें डुबा रही है ॥ ३२ ॥ आपसे ही अनन्त ब्रह्मा विष्णु और महेश प्रकट होकर आश्चर्य्ययुक्त विचित्रतापूर्ण चराचरमय अनन्त ब्रह्माण्डोंकी उत्पत्ति स्थिति और लयका भी सर्वथा विधान करते हैं ॥ ३३ ॥ हे प्रभो! जैसे कोई बालक धूलिका घर बनाते हैं, कोई उसकी रक्षा करते हैं और अन्य कोई उसको नष्ट कर देते हैं; उसी

विनाशयन्तीति वयं तवाधुना
पश्याम इत्थं वपुषि ध्रुवं प्रभो ! ॥ ३४ ॥
रुद्राश्च सर्वे वसवश्च निर्जरा
आदित्यसंघा मघवा प्रजापतिः ।
विश्वेसुरा वायुरसंख्यकामरा
दैत्या ह्यनन्ताः पितरस्तथर्षयः ॥ ३५ ॥
त्वत्कायजास्त्वां बहुधा यतन्ते
ज्ञातुं परन्ते न हि पारयन्ते ।
अतो विमुग्धास्तव मायया ते
पुनर्विशन्त्येत्य तवैव काये ॥ ३६ ॥
कारणं कारणानां त्वमेवाक्षरं
ब्रह्म विज्ञेयमेकं त्वमेवास्यहो ।
आश्रयस्थानमेकं निधानं परं
विश्वसङ्घस्य जानन्ति ते कोविदाः ॥ ३७ ॥
त्वमव्ययः शाश्वतधर्म्मगोप्ता

प्रकार हम निश्चय इस समय आपके शरीरमें ब्रह्माण्डोंकी उत्पत्ति स्थिति और लयके विषयको देख रहे हैं॥३४॥ एकादश रुद्रगण, द्वादश आदित्यगण, अष्ट वसुदेवतागण, इन्द्र, प्रजापति, विश्वेदेवा, वायु, ये सब असङ्ख्य देवगण, अनन्त ऋषि एवं पितृगण और अनन्त असुरगण सबही आपके शरीरसे प्रकट होकर आपको जाननेकेलिये अनेक प्रकारसे यत्न करते हैं परन्तु वे पार नहीं पाते हैं इसलिये आपकी मायासे विमुग्ध होकर वे फिर भी जाकर आपहीके शरीरमें प्रवेश कर जाते हैं ॥ ३५-३६ ॥ अहो ! आपही कारणोंके कारण हैं, आपही अक्षर (अविनाशी) परब्रह्म हैं और एक आपही जाननेके योग्य हैं, एक आपही विश्वसमूहके आश्रयस्थान और परमरक्षास्थान हैं इस बातको प्रसिद्ध पण्डितगण जानते हैं ॥ ३७ ॥ आप विकार-

सनातनस्त्वं पुरुषो मतो नः।
प्रभोऽतितेजोमयमादिहीन–
मनन्तमप्येकमनेकवर्णम् ॥ ३८ ॥
अचिन्तनीयं ह्यवितर्कणीयं
किलामितैरङ्गभरैः सुपूर्णम्।
पश्यन्त आश्चर्य्यकरं प्रदीप्तं
विराट्शरीरं तव विस्मिताः स्मः ॥ ३९ ॥
धृतिन्न विन्दाम इह त्वदीये
कायेऽमिताँस्तान्प्रसमीक्ष्य लोकान्।
प्रसीद देवेश ! जगन्निवास !
त्वमेव नः सम्मत आदिदेवः ॥ ४० ॥
अहो किमाश्चर्य्यमिदं विभाति
क्षुद्रात् समारभ्य तृणादसीम्नः।
ब्रह्माण्ड-पर्य्यन्तविशालसृष्टेः

रहित हैं, सनातनधर्म्मके रक्षक हैं और आप सनातन पुरुष हैं, यह हमारा मत है। हे प्रभो ! आपके अतितेजोमय, आदिहीन, अनन्त होनेपर भी एक, अनेकवर्ण, अचिन्त्य,अवितर्क्य, अगणित अवयवोंसे पूर्ण,विस्मयकर और देदीप्यमान विराट् शरीरको देखते हुए हम विस्मित हो रहे हैं ॥३८-३९॥ हे जगन्निवास ! हे देवेश ! इस आपके (विराट्) शरीरमें उन अगणित लोकोंको देखकर हम धृतिको लाभ नहीं कर रहे हैं (इसलिये) आप प्रसन्न हों, हमारा मत है कि आप ही आदिदेव हैं ॥ ४० ॥ अहो ! यह क्या चमत्कार शोभायमान हो रहा है। एक क्षुद्र तृणसे लेकर ब्रह्माण्डपर्य्यन्त जो असीम विशाल सृष्टि है उसकी उत्पत्ति, स्थिति और लयकेलिये अनेक

सृष्टिस्थितिप्रत्यवहारहेतोः ॥ ४१ ॥
यथार्भकाः क्रीडनसक्तचित्ता
विमोहितास्तन्मयतामुपेताः।
अनेकधाऽनेकविधस्वरूपा-
स्तथा पृथक् देवगणा नियुक्ताः ॥ ४२ ॥
स्थूलात्स्थूलतरं नित्यं ज्ञानलोचनगोचरम्।
अनाद्यन्तं विराड्रूपं दृष्ट्वा ते विभुमद्भुतम् ॥ ४३ ॥
अपिचेत् परमानन्दो जातो नश्चेतसि प्रभो !।
न तथापि वयं द्रष्टुं शक्नुयाम बहुक्षणम् ॥ ४४ ॥
जीवानां मनसो बुद्धेर्वाचोऽगोचरमित्यहो।
अपूर्वं भवतो रूपमालोक्याश्चर्य्यसङ्कुलम् ॥ ४५ ॥
मनो नो मूर्च्छितं बुद्धिः स्थगिता भवति प्रभो !।
शैथिल्यं यान्ति हे स्वामिन्निन्द्रियाण्यखिलानि नः ॥ ४६ ॥
अतो वयं हि विश्वात्मन् ! विनीतं प्रार्थयामहे।

प्रकारसे अनेक प्रकारके रूपवाले देवतागण ऐसे मोहित और तन्मय होकर पृथक् पृथक् नियुक्त हैं जैसे खेलमें आसक्तचित्त बालकगण तन्मय और विमोहित रहते हैं ॥ ४१-४२ ॥ ज्ञानदृष्टिसे देखनेयोग्य, स्थूलातिस्थूल, अनादि, अनन्त, नित्य, अद्भुत और व्यापक आपके विराट्रूपका दर्शन करके हे प्रभो ! यदिच हमलोगोंके चित्तमें परमानन्दकी प्राप्ति हुई है परन्तु हमलोग बहुत देरतक इस रूपका दर्शन नहीं कर सकते हैं ॥४३-४४॥ अहो ! जीवोंके वाणी, मन और बुद्धिसे अगोचर इस अपूर्व आपके आश्चर्य्यमय रूपको देखकर हे स्वामिन् ! हे प्रभो ! हमारी सब इन्द्रियां शिथिल, मन मूर्च्छित और बुद्धि थकित होती है ॥ ४५-४६ ॥ इस कारण हे विश्वात्मन् ! हमलोगोंकी यह विनीत प्रार्थना है कि हे विभो ! हे नाथ !

त्वद्विभूतिस्वरूपेषु यद्भवन्तं वयं विभो ! ॥ ४७ ॥
देशे काले च सर्वत्र पात्रे द्रष्टुं यथेश्महे ।
उपदिश्यामहे नाथ ! तथोपायं वयं स्वयम् ॥ ४८ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ ४९ ॥

आनन्दः सर्वजीवेषु प्रभाऽस्मि शशिसूर्य्ययोः ।
प्रणवः सर्व्ववेदेषु शब्दः खे चास्मि निर्ज्जराः ! ॥ ५० ॥
वायौ स्पर्शोऽस्मि भो देवाः ! रूपं हुतवहे तथा ।
अप्सु चाहं रसो नूनं सत्यमेतन्न संशयः ॥ ५१ ॥
पुण्यो गन्धः पृथिव्याश्च तेजश्चाऽस्मि विभावसौ ।
जीवनं सर्व्वभूतेषु तपश्चाऽस्मि तपस्विषु ॥ ५२ ॥
वर्णेषु ब्राह्मणो वर्ण आश्रमेष्वन्तिमाश्रमः ।
सतीत्वमार्य्यनारीषु तथास्मि पौरुषं नृषु ॥ ५३ ॥
यावद्देवगणाः सर्व्वे सात्त्विक्यो मे विभूतयः ।

आप ऐसे उपायका स्वयं उपदेश दीजिये कि जिससे हम आपको आपकी विभूतियोंके रूपमें प्रत्येक देश काल पात्रमें दर्शन करनेमें समर्थ होसकें ॥ ४७-४८ ॥

महाविष्णु बोले ॥ ४९ ॥

सब जीवोंमें मैं आनन्द हूं, चन्द्रमा और सूर्य्यमें प्रभा हूं, हे देवगण ! मैं सब वेदोंमें प्रणव और आकाशमें शब्द हूं ॥ ५० ॥ हे देवगण ! मैं वायुमें स्पर्श, अग्निमें रूप और जलमें रस हूं, यह सत्यही है इसमें सन्देह नहीं ॥ ५१ ॥ पृथिवीमें पवित्र गन्ध, अग्निमें तेज, सब भूतोंमें जीवन और तपस्वियोंमें तपोरूप हूं ॥ ५२ ॥ वर्णोंमें ब्राह्मण वर्ण, आश्रमोंमें अन्तिम आश्रम अर्थात् सन्न्यास, आर्य्य-नारियोंमें सतीत्व और पुरुषोंमें पौरुष अर्थात् पुरुषार्थ हूं ॥ ५३ ॥ जितने देवता हैं वे मेरी सात्त्विक विभूतियां हैं और जितने ही असुर

यावन्तस्तेऽसुराश्चैव तामस्यो मे विभूतयः ॥ ५४ ॥
बीजं मां सर्व्वभूतानां वित्त देवाः ! सनातनम् ।
बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ॥ ५५ ॥
बलं बलवतामस्मि कामरागविवर्जितम् ।
धर्म्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि विबुधर्षभाः ! ॥ ५६ ॥
अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधम् ।
मन्त्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम् ॥ ५७ ॥
पिताऽहमस्य जगतो माता धाता पितामहः ।
वेद्यं पवित्रमोंकार ऋक् साम यजुरेव च ॥ ५८ ॥
ज्योतिषामंशुमान् सूर्य्यो वित्तेशो यक्षरक्षसाम् ।
मरीचिर्मरुतामस्मि नक्षत्राणामहं शशी ॥ ५९ ॥
वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः ।
इन्द्रियाणां मनश्चाऽस्मि भूतानामस्मि चेतना ॥ ६० ॥

हैं वे मेरी तामसिक विभूतियां हैं ॥ ५४ ॥ हे देवगण ! सब भूतोंका सनातन बीज मुझको जानो मैं बुद्धिमानोंमें बुद्धि और तेजस्वियोंमें तेज हूं ॥ ५५ ॥ हे देवश्रेष्ठो ! बलवानोंमें मैं काम और रागसे रहित बल हूं और भूतोंमें धर्म्माविरुद्ध अर्थात् धर्म्मके अनुकूल काम हूं ॥५६॥ मैं क्रतु (श्रौत अग्निष्टोमादि यज्ञ) हूं, मैं यज्ञ (पञ्च महायज्ञादि) हूं, मैं स्वधा हूं, मैं औषध हूँ, मैं मन्त्र हूं, मैं आज्य (घृत) हूँ, मैं अग्नि हूं और मैं आहुति हूं ॥५७॥ इस विश्वका मैं पिता, माता, धाता (धारण और पोषण करने वाला) और पितामह हूं । जाननेके योग्य मैं हूं, पवित्र ओंकार मैं हूँ तथा ऋक् यजुः और साम मैं हूं ॥५८॥ ज्योतियोंमें मैं किरणमाली सूर्य्य हूं, यक्ष रक्षोगणमें वित्तेश (कुबेर) हूं, मरुतोंमें मरीचि हूं और नक्षत्रोंमें मैं शशी (चन्द्रमा) हूँ ॥ ५९ ॥ वेदोंमें सामवेद हूँ, देवताओंमें इन्द्र हूं, इन्द्रियोंमें मन हूं और प्राणि-

आदित्यानामहं विष्णुः वसूनामस्मि पावकः।
रुद्राणां शङ्करश्चाऽस्मि मेरुः शिखरिणामहम् ॥ ६१ ॥
पुरोधसाञ्च मुख्यं मां वित्त देवाः! बृहस्पतिम्।
सेनानीनामहं स्कन्दः सरसामस्मि सागरः ॥ ६२ ॥
महर्षीणां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम्।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः ॥ ६३ ॥
अश्वत्थः सर्व्ववृक्षाणां देवर्षीणाञ्च नारदः।
गन्धर्व्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलो मुनिः ॥ ६४ ॥
उच्चैःश्रवसमश्वानां वित्त माममृतोद्भवम्।
ऐरावतं गजेन्द्राणां नराणाञ्च नराधिपम् ॥ ६५ ॥
अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः।
प्राणापानसमायुक्तः पचाम्यन्नं चतुर्विधम् ॥ ६६ ॥

योंमें चेतना हूं, ॥ ६० ॥ (द्वादश) आदित्योंमें मैं विष्णु हूं, (अष्ट) वसुओंमें पावक हूँ, (एकादश) रुद्रोंमें शङ्कर हूं और पर्वतोंमें मैं मेरु हूं ॥६१॥ हे देवगण! मुझको पुरोहितोंमें श्रेष्ठ पुरोहित बृहस्पति जानो, सेनानायकोंमें मैं स्कन्द (कार्त्तिकेय) हूँ और जलाशयोंमें (मैं) सागर हूँ ॥ ६२ ॥ महर्षियोंमें मैं भृगु और वाणियोंमें मैं एक अक्षर अर्थात् ॐकार हूँ, यज्ञोंमें जपयज्ञ हूं और स्थावरोंमें हिमालय हूँ ॥ ६३ ॥ सब वृक्षोंमें अश्वत्थ अर्थात् पीपलका वृक्ष हूं, देवर्षियोंमें नारद हूं, गन्धर्वोंमें चित्ररथ और सिद्धोंमें कपिल मुनि हूं ॥ ६४ ॥ अश्वोंमें मुझको अमृत अर्थात् अमृत जिससे उत्पन्न हुआ है ऐसे समुद्र-से उत्पन्न उच्चैःश्रवा जानो, गजेन्द्रोंमें ऐरावत और मनुष्योंमें नराधिप अर्थात् प्रजाओंको प्रसन्न रखनेवाला नृप जानो ॥ ६५ ॥ मैं वैश्वानरनामक अग्नि होकर प्राणियोंके देहको आश्रय करके प्राण और अपान वायुओंसे युक्त होता हुआ चतुर्विध (लेह्य चूष्य पेय आदि)

यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम् ।
यच्चन्द्रमसि यच्चाऽग्नौ तत्तेजो वित्त मामकम् ॥ ६७ ॥
गामाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा ।
पुष्णामि चौषधीः सर्व्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः ॥ ६८ ॥
आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक् ।
प्रजनश्चाऽस्मि कन्दर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः ॥ ६९ ॥
अनन्तश्चाऽस्मि नागानां वरुणो यादसामहम् ।
प्रह्लादश्चाऽस्मि दैत्यानां कालः कलयतामहम् ॥ ७० ॥
मृगाणाञ्च मृगेन्द्रोऽहं वैनतेयश्च पक्षिणाम् ।
पवनः पवतामस्मि दानेष्वभयदानकम् ॥ ७१ ॥
झषाणां मकरश्चाऽस्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी ।
पितॄणामर्य्यमा चास्मि यमः संयमतामहम् ॥ ७२ ॥
सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यश्चैवाहमुत्तमाः ! ।
अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम् ॥ ७३ ॥

अन्नोंको पचाता हूं॥६६॥ जो सूर्य्यगत तेज सम्पूर्ण जगत्को प्रकाशित करता है और जो तेज चन्द्र और अग्निमें है, उस तेजको मेरा तेज समझो ॥ ६७ ॥ मैं पृथ्वीमें प्रवेश करके (अपने) बलसे भूतोंको धारण करता हूं और रसात्मक सोम होकर सब ओषधियोंको पुष्ट करता हूं ॥ ६८ ॥ मैं आयुधोंमें वज्र और धेनुओंमें कामधेनु हूं, (प्रजाओंकी) उत्पत्तिका हेतु काम हूं और सर्पोंमें वासुकि हूं ॥ ६९ ॥ नागोंमें अनन्त हूं, जलचरोंमें मैं (उनका अधिपति) वरुण हूं, दैत्योंमें प्रह्लाद हूं और वशीभूत करनेवालोंमें मैं काल हूं ॥ ७० ॥ पशुओंमें मैं मृगेन्द्र हूं, पक्षियोंमें गरुड़, वेगशालियोंमें पवन और दानोंमें अभयदान हूं ॥ ७१ ॥ मत्स्योंमें मकर, नदियोंमें गङ्गा, पितरोंमें अर्य्यमा और शासकोंमें यम हूं ॥ ७२ ॥ हे श्रेष्ठ देवगण ! सृष्टिका आदि, अन्त और मध्य मैं ही हूं, विद्याओंमें अध्यात्मविद्या और

अक्षराणामकारोऽस्मि द्वन्द्वः सामासिकस्य च ।
अहमेवाक्षयः कालो धाताहं विश्वतोमुखः ॥ ७४ ॥
मृत्युः सर्व्वहरश्चाऽहमुद्भवश्च भविष्यताम् ।
कीर्त्तिः श्रीर्वाक् च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा ॥७५॥
बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम् ।
मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकरः ॥ ७६ ॥
द्यूतं छलयतामस्मि सत्त्वं सत्त्ववतामहम् ।
मुनीनामप्यहं व्यासः कवीनामुशना कविः ॥ ७७ ॥
दण्डो दमयतामस्मि नीतिरस्मि जिगीषताम् ।
मौनं चैवाऽस्मि गुह्यानां ज्ञानं ज्ञानवतामहम् ॥ ७८ ॥
यच्चाऽपि सर्व्वभूतानां बीजं तदहमस्मि वै ।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूतं चराचरम् ॥ ७९ ॥
नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां सुरर्षभाः ! ।

वादियोंमें वाद हूं ॥ ७३ ॥ अक्षरोंमें अकार हूं, समासोंमें द्वन्द्व
समास हूं, मैं ही अविनाशी काल हूं और विश्वतोमुख धाता अर्थात्
सर्वकर्म्मफलप्रदाता हूं ॥ ७४ ॥ मैं सर्वहारी मृत्यु हूं, (उत्पन्न) होने-
वालोंका उत्पत्तिस्थान हूं और नारियोंमें कीर्त्ति, श्री और वाक् मैं हूं
एवं स्मृति, मेधा, धृति तथा क्षमारूप हूं ॥७५॥ मैं सामवेदकी शाखा-
ओंमें बृहत्साम, छन्दोंमें गायत्री छन्द, मासोंमें मार्गशीर्ष मास और
ऋतुओंमें वसन्त ऋतु हूं ॥७६॥ छलियोंमें द्यूत (जुआ) हूं, पराक्रमियोंमें
सत्त्व अर्थात् पराक्रम हूं, मुनियोंमें मैं व्यास हूं और कवियोंमें मैं
उशना कवि अर्थात् शुक्र हूं ॥ ७७ ॥ दमनकारियोंमें मैं दण्ड हूं, जय-
की इच्छा करनेवालोंमें नीति हूं, गुह्योंमें मौन हूं और मैं ज्ञानियोंमें
ज्ञान हूं ॥ ७८ ॥ सब भूतोंका जो बीज है वह मैं ही हूं, ऐसा चराचर
भूत कोई नहीं है जो मेरे विना हो अर्थात् मैं सर्व्वत्र व्यापक हूं
॥ ७९ ॥ हे देवश्रेष्ठो ! मेरी दिव्य विभूतियोंका अन्त नहीं है, यह

एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया ॥ ८० ॥
यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा ।
तत्तदेव तु जानीत मम तेजोंऽशसम्भवम् ॥ ८१ ॥
अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन हि वोऽमराः ! ।
विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ॥ ८२ ॥
अहमात्मा सुपर्वाणः ! सर्व्वभूताशयस्थितः ।
अहमादिश्च मध्यश्च भूतानामन्त एव च ॥ ८३ ॥
गतिर्भर्त्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत् ।
प्रभवः प्रलयः स्थानं निधानं बीजमव्ययम् ॥ ८४ ॥
सर्व्वस्य चाहं हृदि सन्निविष्टो मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनञ्च ।
वेदैश्च सर्व्वैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम् ॥ ८५ ॥
मनोयोगेन मां देवाः ! मद्विभूतिषु पश्यत ।

विभूतिविस्तार तो मैंने संक्षेपसे कहा है ॥ ८० ॥ जो जो विभूतियुक्त, श्रीमान् अथवा समुन्नत सत्त्व (प्राणी) है उस उसकोही मेरे तेजके अंशसे उत्पन्न जानो ॥ ८१ ॥ अथवा हे अमरगण ! आपलोगोंको इसके बहुत जाननेसे क्या, मैं एक अंशसे इस सम्पूर्ण जगत्को धारण करके बैठा हूं ॥ ८२ ॥ हे देवगण ! मैं सब प्राणियोंके अन्तःकरणमें स्थित आत्मा हूं और मैं ही प्राणियोंका आदि अन्त तथा मध्य भी हूं ॥ ८३ ॥ गति, भर्त्ता (पालक) प्रभु (नियन्ता) साक्षी (द्रष्टा) निवास (भोग स्थान) शरण (रक्षक) सुहृत् (हितकर्ता) प्रभव (स्रष्टा) प्रलय(संहर्त्ता) स्थान (आधार) और निधान (लयस्थान) तथा अविकारी बीजरूप हूं ॥ ८४ ॥ मैं सबके हृदयमें सन्निविष्ट हूं, मुझसे स्मृति, ज्ञान और इन दोनोंका विलय होता है, सब वेदोंसे जानने योग्य मैंही हूं, वेदान्तकृत् अर्थात् ज्ञानदेनेवाला गुरु और वेदोंको जाननेवाला मैंही हूं ॥ ८५ ॥ हे विज्ञ देवतागण ! मनोयोगसे मेरी विभूतियोंमें मेरा दर्शन करो वा

धीयोगेन निरीक्षध्वं विराड्रूपेऽथवा बुधाः ! ॥ ८६ ॥
ममैवात्मस्वरूपं हि समाधिद्वारतोऽथवा ।
ब्रह्मानन्दप्रपूर्णं तल्लभध्वं सुरसत्तमाः ! ॥ ८७ ॥
येन केन च योगेन पश्यद्भ्यो मां निरन्तरम् ।
दातुं वः परमां शान्तिं सर्वथैवोद्यतोऽस्म्यहम् ॥ ८८ ॥
सर्व्वधर्म्मान् परित्यज्य शरणं यात मां ध्रुवम् ।
अहं वः सर्व्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि नो भयम् ॥ ८९ ॥
अहं हि सर्व्वभूतानां तिष्ठामि हृदयेऽमराः ! ।
भ्रामयन् सर्व्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥ ९० ॥
मामेव शरणं यात सर्वभावेन निर्ज्जराः ! ।
मत्प्रसादात्परां शान्तिं स्थानं प्राप्स्यथ शाश्वतम् ॥ ९१ ॥

दवा ऊचुः ॥ ९२ ॥

देवादिदेव ! सर्व्वात्मन् ! महाविष्णो ! दयानिधे ! ।

बुद्धियोगसे विराट्रूपमें मेरा दर्शन करो अथवा हे सुरश्रेष्ठो ! समाधिके द्वारा मेरे ब्रह्मानन्दपूर्ण आत्मस्वरूपको प्राप्त हो । ॥ ८६-८७ ॥ जिस किसी प्रकारसे निरन्तर मेरा दर्शन करनेवाले तुम लोगोंको मैं सर्वथाही परम शान्ति देनेको प्रस्तुत हूँ ॥ ८८ ॥ सब धर्म्मोंको छोड़कर निश्चय एकमात्र मेरी शरणागत हो जाओ, कुछ भय नहीं है, मैं आपलोगोंको सब पापोंसे मुक्त कर दूंगा ॥८९॥ हे देवगण ! मैं ही यन्त्रारूढ़ सब प्राणियोंको मायासे नचाता हुआ उनके हृदयमें स्थित रहता हूँ ॥ ९० ॥ हे देवगण ! आपलोग सब भावोंसे मेरीही शरणको प्राप्त हो, मेरी कृपासे परम शान्तिको और सनातन स्थानको प्राप्त करोगे ॥ ९१ ॥

देवतागण बोले ॥ ९२ ॥

हे देवादिदेव ! हे जगन्निवास ! हे सर्व्वात्मन् ! हे महाविष्णो !

जगन्निवास ! ते स्वामिन्नपारकृपयाऽधुना ॥ ९३ ॥
मोहतापविनिर्मुक्ताः सन्तश्च निर्भया वयम् ।
वीतसन्देहसन्दोहाः कृतकृत्या अभूम ह ॥ ९४ ॥
सर्व्वं हि साम्प्रतं विश्वं भाति नः स्वकुटुम्बवत् ।
राक्षसासुरमर्त्याश्च सन्त्यात्मीया हि नोऽधुना ॥ ९५ ॥
साम्यबुद्धौ प्रजातायामेवं नाथ ! प्रतीयते ।
अत एवम्विधेदानीमिच्छा नो जायते स्वतः ॥ ९६ ॥
यज्ज्ञानमुपदिष्टं नस्त्वयापारदयावशात् ।
तस्य सर्वेषु लोकेषु प्रचारोऽस्तु निरन्तरम् ॥ ९७ ॥
कर्म्मभूमौ भवेन्नूनं मर्त्यलोके विशेषतः ।
प्रचारः सर्वथा नाथ ! ज्ञानस्यास्य दयाम्बुधे ! ॥ ९८ ॥
यतो मनुष्यलोको नः सम्वृद्धेर्मुख्यकारणम् ।
इदानीं करुणासिन्धो ! बुद्धिर्नः समतां गता ॥ ९९ ॥

हे दयानिधे ! हे स्वामिन् ! अब आपकी अपार कृपासे हमलोग मोहरहित तापरहित और भयरहित तथा सर्व्वसंशयरहित होकर कृतकृत्य हुए हैं ॥ ९३-९४ ॥ अब समस्त विश्वही कुटुम्बवत् हम लोगोंको प्रतीत होता है, इस समय असुर राक्षस और मनुष्य हमारे आत्मीय हैं ॥ ९५ ॥ हे नाथ ! साम्यबुद्धि उत्पन्न होनेसे हमलोगोंको ऐसा प्रतीत होने लगा है इस कारणही अब हमलोगोंकी स्वतः ऐसी इच्छा हो रही है कि आपने अपार कृपावश जो हमलोगोंको ज्ञानोपदेश दिया है उसका निरन्तर प्रचार सब लोकोंमें होजाय ॥ ९६-९७ ॥ हे नाथ ! हे दयाम्बुधे ! विशेषतः कर्म्मभूमि मनुष्यलोकमें इस ज्ञानका प्रचार सब प्रकारसे अवश्य हो क्योंकि मनुष्यलोकही हमलोगोंके संवर्द्धनका प्रधान कारण है । हे करुणासिन्धो ! अब हमलोगोंकी बुद्धि समतामें पहुंच गई है ॥ ९८-९९ ॥

इच्छामो हि वयश्चातो भूतसङ्घं चतुर्विधम् ।
आरभ्य निखिला जीवा देवतासुरमानवाः ॥ १०० ॥
वर्त्तन्तेऽन्ये च ये जीवास्ते सर्व्वे ते समानतः ।
लब्ध्वाऽसीमदयाराशिं कृतकृत्या भवन्त्वलम् ॥ १०१ ॥
ज्ञानमस्याश्च गीतायाः प्राप्य मोदं वहन्तु ते ।
एषैव प्रार्थनाऽस्माकमेतदेवाभिवाञ्छितम् ॥ १०२ ॥

महाविष्णुरुवाच ॥ १०३ ॥

तथाऽस्तु भवतां देवाः ! यथाभिलषितं वरम् ।
प्रार्थितं सर्व्वलोकानां यतो मंगलहेतवे ॥ १०४ ॥
मत्परायणया धृत्या सात्त्विक्या भवतां सुराः ! ।
ज्ञानगर्भितया चैव सात्त्विक्या धर्म्मयुक्तया ॥ १०५ ॥
सर्व्वलोकहितैषिण्या विनीतोदारया तथा ।
प्रार्थनया प्रसन्नोऽस्मि तथेत्यस्तु पुनर्ब्रुवे ॥ १०६ ॥
गीतेयं विष्णुगीतेति नाम्ना ख्याता भविष्यति ।

इस कारण हम इच्छा करते हैं कि चतुर्विध भूतसङ्घसे लेकर मनुष्य, देवता और असुर तथा अन्यान्य जो जीव हैं वे सब आपको अपार कृपापुञ्जको समानरूपसे प्राप्त करके सम्यक् कृतकृत्य होवें ॥ १००-१०१ ॥ और वे इस गीताका ज्ञान पाकर आनन्दित हों, यही हम लोगोंकी प्रार्थना और यही अभिलाषा है ॥ १०२ ॥

महाविष्णु बोले ॥ १०३ ॥

हे देवगण ! आपका अभिलषित वर जैसा है वैसा हो क्योंकि आपने सबलोकोंके मङ्गलार्थ प्रार्थना की है॥१०४॥हे देवगण! आपलोगोंकी मत्परायण सात्त्विक धृतिसे और सात्त्विकी, ज्ञानसम्पन्ना, धर्म्मयुक्ता,सर्वलोकहितकरी, विनीत और उदार प्रार्थनासे मैं प्रसन्न हुआ हूँ। मैं पुनः कहता हूँ कि ऐसाही हो॥१०५-१०६॥हे देवगण ! यह गीता

मर्त्यलोके पुनश्चास्याः कृष्णरूपेण वै सुराः ! ॥ १०७ ॥
द्वापरान्तेऽवतीर्य्याहं गीताया ज्ञानमुत्तमम् ।
प्रचार्य्य पूरयिष्यामि भवतां शुभकामनाः ॥ १०८ ॥
सर्व्वोपनिषदां सारो वेदनिष्कर्ष एव च ।
योगयुञ्जानचित्तानां गीतेयं ज्ञानवर्त्तिका ॥ १०९ ॥
त्रितापतापितानाञ्च जीवानां परमामृतम् ।
संसारापारपाथोधौ मज्जतां तरणिः परा ॥ ११० ॥
क्षिप्रमाध्यात्मिकस्तापो पठनात्पाठनादपि ।
नश्यत्यस्या न सन्देहस्तथैतद्द्वारतोऽमराः ! ॥ १११ ॥
विश्वम्भराख्ययागस्य विधानेनाधिदैविकः ।
आधिभौतिकतापश्च पाठादस्याः प्रणश्यति ॥ ११२ ॥
अस्याश्च विष्णुगीताया माहात्म्यं महदद्भुतम् ।
गीतेयञ्च मुमुक्षूणामात्मज्ञानमभीप्सताम् ॥ ११३ ॥

विष्णुगीता नामसे प्रख्यात होगी और इस गीताके उत्तम ज्ञानको मैं पुनः द्वापर के अन्तमें मनुष्यलोकमें कृष्णरूपसे अवतीर्ण होकर प्रचारित करके आपकी शुभ कामनाओंको पूर्ण करूंगा ॥१०७-१०८॥ यह गीता सब वेदोंका निष्कर्ष, उपनिषदोंका सार और योगाभ्यास-निरत व्यक्तियोंके लिये ज्ञानप्रदीप है ॥ १०९ ॥ त्रितापतापित जीवों-के लिये यह परम अमृतरूपा है। संसार महासागरमें डूबनेवालोंके लिये उत्तम नौका है ॥ ११० ॥ इसके अध्ययन अध्यापन द्वारा अवश्य आध्यात्मिक ताप शीघ्र नष्ट होता है और इसके द्वारा हे देवगण ! विश्वम्भरयाग करनेसे आधिदैविक ताप और इसके पाठ करने और करानेसे आधिभौतिक ताप नष्ट होता है ॥१११-११२॥ इस विष्णुगीताका माहात्म्य महान् अद्भुत है, यह गीता संसारसे वैराग्यवान् आत्मज्ञानेच्छु मुमुक्षु सन्न्यासियोंके लिये गुरुरूप और मुक्तिप्रद है, ब्रह्मचारी और गृहस्थोंके लिये यह गीता धर्म्म अर्थ

सन्न्यस्तानां विरक्तानां गुरुरूपा च मुक्तिदा।
गीतेयं ब्रह्मचारिभ्यो गृहस्थेभ्यस्तथैव च ॥ ११४ ॥
धर्म्मार्थकामरूपो यस्त्रिवर्गस्तं हि यच्छति।
गीतामेताञ्च यः प्राणी स्वाध्यायविधिना पठेत् ॥ ११५ ॥
विदध्याद्विष्णुयज्ञम्वा चैतया विष्णुगीतया।
सर्व्वव्याधिविनिर्मुक्तः स सुखी सत्वरं भवेत् ॥ ११६ ॥
यश्चाक्षरमयीमेतां विष्णुगीतां प्रयच्छति।
सत्पात्रेभ्यः कुलीनेभ्यो विद्वद्भ्यो हि यथाविधि ॥ ११७ ॥
स्वर्गप्राप्तिस्सदा तस्य स्वहस्तामलकायते।
एषा यस्य गृहे तिष्ठेद्विष्णुगीता सुरर्षभाः! ॥ ११८ ॥
आसुरी भौतिकी तस्य कापि बाधा न जायते।
यत्रासौ भक्तिभावेन भवने रक्षिता भवेत् ॥ ११९ ॥
नित्यमायतनं तद्धि लक्ष्मीर्नैव विमुञ्चति।
जानीत निश्चयं देवाः! सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ॥ १२० ॥
आस्तिको गुरुभक्तश्च देवश्रद्धापरायणः।

और कामरूपी त्रिवर्ग प्रदान करनेवाली है, जो प्राणी इसका पाठ स्वाध्यायविधिसे करे और इसकेद्वारा विष्णुयज्ञका अनुष्ठान करे तो वह सब प्रकारकी व्याधियोंसे मुक्त होकर शीघ्र सुखी होता है॥११२-११६॥ जो अक्षरमयी (पुस्तकरूप) इस विष्णुगीताको सत्पात्र कुलीन तथा विद्वानोंको यथाविधि दान करता है उसके लिये स्वर्ग-प्राप्ति सदा स्वाधीन है, हे देवश्रेष्ठो! यह विष्णुगीता जिसके घरमें रहती है कोई भी आसुरी और भौतिकी बाधा उसको नहीं होती है, जिस घरमें यह विष्णुगीता भक्तिभावसे सदा सुरक्षित रहती है उस घरको लक्ष्मी कभी नहीं छोड़ती है, हे देवगण! यह तुम निश्चय जानो, मैं यह सत्य सत्य कहता हूं ॥ ११७-१२० ॥ जो

शास्त्रेषु दृढविश्वासः पवित्रात्मा महामनाः ॥ १२१ ॥
न धर्म्मसम्प्रदायांश्च योऽन्यान् द्वेष्टि कदाचन ।
महोदारः स एवात्र लब्धुं केवलमर्हति ॥ १२२ ॥
विष्णोरुपनिषन्मय्यां गीतायामधिकारिताम् ।
ध्रुवमस्याः तात्प्रचारेण लोके शान्तिर्भविष्यति ॥ १२३ ॥

इति श्रीविष्णुगीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे देवमहाविष्णुसम्वादे विश्वरूपदर्शनयोगवर्णनं नाम सप्तमोऽध्यायः ।

समाप्तयं श्रीविष्णुगीता ।

आस्तिक गुरुभक्त और देवताओंमें श्रद्धालु हैं, जिसका शास्त्रोंमें दृढ़ विश्वास है, जो पवित्रात्मा महामना है और जो अन्य धर्म्म-सम्प्रदायोंसे कभी द्वेष नहीं करता है एवं जो परमोदार है केवल वही इस उपनिषन्मयी विष्णुगीताका अधिकारी हो सकता है। इस विष्णुगीताके प्रचारसे संसारमें अवश्य शान्ति होगी॥१२१-१२३॥

इस प्रकार श्रीविष्णुगीतोपनिषद्के ब्रह्मविद्यासम्बन्धी योगशास्त्रका देवमहाविष्णुसम्वादात्मक विश्वरूपदर्शनयोगवर्णन नामक सप्तम अध्याय समाप्त हुआ।

यह श्रीविष्णुगीता समाप्त हुई।

श्रीविश्वानाथो जयति ।

धर्मप्रचारका सुलभ साधन ।

समाजकी भलाई ! मातृभाषाकी उन्नति !!
देशसेवाका विराट् आयोजन !!!

इस समय देशका उपकार किन उपायोंसे हो सकता है ? संसारके इस छोरसे उस छोरतक चाहे किसी चिन्ताशील पुरुषसे यह प्रश्न कीजिये, उत्तर यही मिलेगा कि धर्मभावके प्रचारसे; क्योंकि धर्मने ही संसारको धारण कर रक्खा है । भारतवर्ष किसी समय संसारका गुरु था, आज वह अधः पतित और दीन हीन दशामें क्यों पच रहा है ? इसका भी उत्तर यही है कि वह धर्मभावको खो बैठा है । यदि हम भारतसे ही पूछें कि तू अपनी उन्नतिके लिये हमसे क्या चाहता है ? तो वह यही उत्तर देगा कि मेरे प्यारे पुत्रो ! धर्मभाव की वृद्धि करो । संसारमें उत्पन्न होकर जो व्यक्ति कुछ भी सत्कार्य करनेके लिये उद्यत हुए हैं, उन्हें इस बातका पूर्ण अनुभव होगा कि ऐसे कार्यों में कैसे विघ्न और कैसी बाधाएँ उपस्थित हुआ करती हैं । यद्यपि धीर पुरुष उनकी पर्वाह नहीं करते और यथासम्भव उनसे लाभ ही उठाते हैं, तथापि इसमें सन्देह नहीं कि उनके कार्योंमें उन विघ्न बाधाओंसे कुछ रुकावट अवश्य ही हो जाती है । श्रीभारतधर्म महामण्डलके धर्मकार्यमें इस प्रकार अनेक बाधाएँ होनेपर भी अब उसे जनसाधारणका हित साधन करनेका सर्वशक्तिमान् भगवान्ने सुअवसर प्रदान कर दिया है । भारत अधार्मिक नहीं है । हिन्दुजाति धर्म्मप्राण जाति है, उसके रोमरोम में धर्म्मसंस्कार ओतप्रोत हैं । केवल वह अपने रूपको-धर्मभावको-भूल रही है । उसे अपने स्वरूपकी पहिचान करा देना-धर्मभावको स्थिर रखना-ही श्रीभारतधर्ममहामण्डलका एक पवित्र और प्रधान उद्देश्य है । यह कार्य १८ वर्षों से महामण्डल कर रहा है और ज्यों ज्यों उसको अधिक

सुअवसर मिलेगा, त्यों त्यों वह जोर शोर से यह काम करेगा। उसका विश्वास है कि इसी उपायसे देशका सच्चा उपकार होगा और अन्तमें भारत पुनः अपने गुरुत्वको प्राप्त कर सकेगा।

इस उद्देश्य साधनके लिये सुलभ दो ही मार्ग हैं। (१) उपदेशकों द्वारा धर्मप्रचार करना, और (२) धर्मरहस्य सम्बन्धी मौलिक पुस्तकोंका उद्धार व प्रकाश करना। महामण्डल ने प्रथम मार्गका अवलम्बन आरम्भसे ही किया है और अब तो उपदेशक महाविद्यालय स्थापित कर महामण्डलने वह मार्ग स्थिर और परिष्कृत करलिया है। दूसरे मार्गके सम्बन्धमें भी यथायोग्य उद्योग आरम्भसे ही किया जा रहा है। विविध ग्रन्थोंका संग्रह और निर्माण करना, मासिक पत्रिकाओंका सञ्चालन करना, शास्त्रीय ग्रन्थोंका आविष्कार करना, इस प्रकारके उद्योग महामण्डलने किये हैं और उनमें सफलता भी प्राप्त की है; परन्तु अभीतक यह कार्य सन्तोषजनक नहीं हुआ है। महामण्डलने अब इस विभाग को उन्नत करने का विचार किया है। उपदेशकों द्वारा जो धर्मप्रचार होता है उसका प्रभाव चिरस्थायी होनेके लिये उसी विषयकी पुस्तकोंका प्रचार होना परम आवश्यक है; क्योंकि वक्ता एक दो वार जो कुछ सुना देगा, उसका मनन विना पुस्तकोंका सहारा लिये नहीं हो सकता। इसके सिवा सब प्रकारके अधिकारियोंके लिये एक वक्ता कार्यकारी नहीं हो सकता। पुस्तकप्रचार द्वारा यह काम सहल हो जाता है। जिसे जितना अधिकार होगा, वह उतने ही अधिकारकी पुस्तकें पढ़ेगा और महामण्डल भी सब प्रकारके अधिकारियों के योग्य पुस्तकें निर्माण करेगा। सारांश, देशकी उन्नतिके लिये, भारतगौरवकी रक्षाके लिये और मनुष्योंमें मनुष्यत्व उत्पन्न करनेके लिये महामण्डलने अब पुस्तक प्रकाशन विभागको अधिक उन्नत करनेका विचार किया है और उसकी सर्वसाधारणसे प्रार्थना है कि वे ऐसे सत्कार्यमें इसका हाथ बटावें एवं इसकी सहायता कर अपनी ही उन्नति कर लेनेको प्रस्तुत हो जावें।

श्रीभारतधर्ममहामण्डल के व्यवस्थापक पूज्यपाद श्री १०८ स्वामी ज्ञानानन्दजी महाराजकी सहायतासे काशीके प्रसिद्ध विद्वानोंके द्वारा सम्पादित होकर प्रामाणिक, सुबोध और सुदृश्यरूपसे यह ग्रन्थमाला निकलेगी। ग्रन्थमालाके जो ग्रन्थ छपकर प्रकाशित हो चुके हैं उनकी सूची नीचे प्रकाशित की जाती है।

स्थिर ग्राहकोंके नियम ।

(१) इस समय हमारी ग्रन्थमालामें निम्नलिखित ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं:—

मंत्रयोगसंहिता (भाषानुवाद सहित)	१)
भक्तिदर्शन (भाषाभाष्य सहित)	१)
योगदर्शन (भाषाभाष्य सहित)	२)
नवीन दृष्टिमें प्रवीण भारत	१)
दैवीमीमांसादर्शन प्रथमभाग (भाषाभाष्य सहित)	१॥)
कल्किपुराण (भाषानुवाद सहित)	१)
उपदेश पारिजात (संस्कृत)	॥)
गीतावली	॥)
भारतधर्ममहामण्डल रहस्य	१)
सन्यासगीता (भाषानुवाद सहित)	॥।)
गुरुगीता (भाषानुवाद सहित)	=)
धर्मकल्पद्रुम प्रथम खण्ड	२)
,, द्वितीय खण्ड	१॥)
,, तृतीय खण्ड	२)
,, चतुर्थ खण्ड	२)
,, पञ्चम खण्ड	२)
श्रीमद्भगवद्गीता प्रथम खण्ड (भाषाभाष्य सहित)	१)
सूर्य्यगीता (भाषानुवाद सहित)	॥)
शक्तिगीता (भाषानुवाद सहित)	॥।)

(२) इनमें से जो कमसे कम ४) मूल्यकी पुस्तकें पूरे मूल्यमें खरीदेंगे अथवा स्थिर ग्राहक होने का चन्दा १) भेज देंगे उन्हें शेष और आगे प्रकाशित होनेवाली सब पुस्तकें ¾ मूल्यमें दी जायंगी।

(३) स्थिर ग्राहकोंको मालामें ग्रथित होनेवाली हर एक पुस्तक खरीदनी होगी। जो पुस्तक इस विभाग द्वारा छापी जायगी वह एक विद्वानोंकी कमेटी द्वारा पसन्द करा ली जायगी।

(४) हर एक ग्राहक अपना नम्बर लिखकर या दिखाकर हमारे कार्यालयसे अथवा जहाँ वह रहता हो वहां हमारी शाखा हो तो वहांसे, स्वल्प मूल्य पर पुस्तकें खरीद सकेगा।

(५) जो धर्मसभा इस धर्म्मकार्य्यमें सहायता करना चाहे और जो सज्जन इस ग्रन्थमालाके स्थायी ग्राहक होना चाहें वे मेरे नाम पत्र भेजनेकी कृपा करें।

गोविन्द शास्त्री दुगवेकर,
अध्यक्ष शास्त्रप्रकाश विभाग।
श्रीभारतधर्म महामण्डल प्रधान कार्य्यालय,
जगत्गंज, बनारस।

इस विभाग द्वारा प्रकाशित समस्त धर्मपुस्तकोंका विवरण।

सदाचारसोपान। यह पुस्तक कोमलमति बालक बालिकाओंकी धर्म्मशिक्षाके लिये प्रथम पुस्तक है। उर्दू और बंगला भाषामें इसका अनुवाद होकर छपचुका है और सारे भारतवर्षमें इसकी बहुत कुछ उपयोगिता मानी गई है। इसकी पांच आवृत्तियां छपचुकी हैं। अपने बच्चोंकी धर्म्मशिक्षाके लिये इस पुस्तकको हर एक हिन्दूको मँगवाना चाहिये।

मूल्य -) एक आना।

कन्याशिक्षासोपान। कोमलमति कन्याओंकी धर्म्मशिक्षा देनेके लिये यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी है। इस पुस्तककी बहुत कुछ प्रशंसा हुई है। इसका बंगला अनुवाद भी छप चुका है। हिन्दूमात्रको अपनी अपनी कन्याओंको धर्म्मशिक्षा देनेके लिये यह पुस्तक मँगवानी चाहिए।

मूल्य -)

धर्म्मसोपान। यह धर्म्मशिक्षाविषयक बड़ी उत्तम पुस्तक है। बालकोंको इससे धर्म्मका साधारण ज्ञान भली भांति हो जाता है। यह पुस्तक क्या बालक बालिका, क्या वृद्ध स्त्री पुरुष, सबके लिये बहुत ही उपकारी है। धर्म्मशिक्षा पानेकी इच्छा करनेवाले सज्जन अवश्य इस पुस्तकको मँगावें।

मूल्य ।) चार आना।

ब्रह्मचर्य्यसोपान। ब्रह्मचर्य्यव्रतकी शिक्षाके लिये यह ग्रन्थ बहुतही उपयोगी है। सब ब्रह्मचारी आश्रम, पाठशाला और स्कूलोंमें इस ग्रन्थकी पढ़ाई होनी चाहिये।

मूल्य ≡)

राजशिक्षासोपान । राजा महाराजा और उनके कुमारों-को धर्म्मशिक्षा देनेके लिये यह ग्रन्थ बनाया गया है। परन्तु सर्व-साधारणकी धर्म्मशिक्षाके लिये भी यह ग्रन्थ बहुतही उपयोगी है। इसमें सनातनधर्म्मके अङ्ग और उसके तत्त्व अच्छी तरह बताये गये हैं। मूल्य ≡) तीन आना।

साधनसोपान । यह पुस्तक उपासना और साधनशैलीकी शिक्षा प्राप्त करनेमें बहुतही उपयोगी है । इसका बंगला अनुवाद भी छपचुका है । बालक बालिकाओंको पहलेहीसे इस पुस्तकको पढ़ाना चाहिये। यह पुस्तक ऐसी उपकारी है कि बालक और वृद्ध समानरूप से इससे साधनविषयक शिक्षा लाभ कर सक्ते हैं ।

मूल्य =) दो आना।

शास्त्रसोपान । सनातनधर्म्मके शास्त्रोंका संक्षेप सारांश इस ग्रन्थमें वर्णित है । सब शास्त्रोंका कुछ विवरण समझनेके लिये प्रत्येक सनाननधर्म्मावलम्बीके लिये यह ग्रन्थ बहुत उपयोगी है। मूल्य ।) चार आना।

धर्म्मप्रचारसोपान। यह ग्रन्थ धर्म्मोपदेश देनेवाले उपदेशक और पौराणिक पण्डितोंके लिये बहुतही हितकारी है।

मूल्य ≡) तीन आना।

उपरि लिखित सब ग्रन्थ धर्म्मशिक्षाविषयक हैं। इस कारण स्कूल, कालेज व पाठशालाओंको इकट्ठे लेने पर कुछ सुविधा से मिल सकेंगे और पुस्तकविक्रेताओंको इनपर योग्य कमीशन दिया जायगा।

उपदेशपारिजात । यह संस्कृत गद्यात्मक अपूर्व ग्रन्थ है। सनातनधर्म क्या है, धर्मोपदेश किसको कहते हैं, सनातनधर्मके सब शास्त्रों में क्या विषय हैं, धर्म्मवक्ता होनेके लिये किन २ योग्यताओं के होने की आवश्यकता है इत्यादि अनेक विषय इस ग्रन्थ में संस्कृत विद्वान्मात्रको पढ़ना उचित है और धर्म्मवक्ता, धर्म्मोपदेशक, पौराणिक, पण्डित आदिके लिये तो यह ग्रन्थ सब समय साथ रखने योग्य है। मूल्य ॥) आठ आना।

इस संस्कृत ग्रन्थ के अतिरिक्त संस्कृत भाषामें योगदर्शन, सांख्यदर्शन, दैवीमीमांसादर्शन आदि दर्शन सभाष्य, मन्त्रयोग-संहिता, हठयोगसंहिता, लययोगसंहिता, राजयोगसंहिता, हरिहर-संहिता,

ब्रह्मसामरस्य, योगप्रवेशिका, धर्म्मसुधार, श्रीमधुसूदनसंहिता आदि ग्रन्थ छप रहे हैं और शीघ्रही प्रकाशित होनेवाले हैं।

कल्किपुराण । कल्किपुराणका नाम किसने नहीं सुना है। वर्तमान समयके लिये यह बहुतही हितकारी ग्रन्थ है। विशुद्ध हिन्दी अनुवाद और विस्तृत भूमिका सहित यह ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। धर्म्मजिज्ञासुमात्रको इस ग्रन्थको पढ़ना उचित है।

मूल्य १) एक रुपया।

योगदर्शन । हिन्दीभाष्य सहित। इस प्रकारका हिन्दी भाष्य और कहीं प्रकाशित नहीं हुआ है। इसका बहुत सुन्दर और परिवर्द्धित नवीन संस्करण भी छपरहा है। मूल्य २) दो रुपया।

नवीन दृष्टिमें प्रवीण भारत । भारत के प्राचीन गौरव और आर्यजातिका महत्त्व जाननेके लिये यह एक ही पुस्तक है।

मूल्य १) एक रुपया।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डलरहस्य । इस ग्रन्थरत्न में सात अध्याय हैं। यथा-आर्यजातिकी दशाका परिवर्त्तन, चिन्ताका कारण, व्याधिनिर्णय, औषधिप्रयोग, सुपथ्यसेवन, बीजरक्षा और महायज्ञ-साधन। यह ग्रन्थरत्न हिन्दूजातिकी उन्नतिके विषयका असाधारण ग्रन्थ है। प्रत्येक सनातनधर्म्मावलम्बीको इसग्रन्थ को पढ़ना चाहिये। द्वितीयावृत्ति छप चुकी है, इसमें बहुतसा विषय बढ़ाया गया है। इस ग्रन्थका आदर सारे भारतवर्षमें समान रूपसे हुआ है। धर्म्म के गूढ़ तत्त्व भी इसमें बहुत अच्छी तरह से बताये गये हैं। इसका बंगला अनुवाद भी छप चुका है। मूल्य १) एक रुपया।

निगमागमचन्द्रिका । प्रथम और द्वितीय भागकी दो पुस्तकें धर्म्मानुरागी सज्जनोंको मिलसकती हैं।

प्रत्येक का मूल्य १) एक रुपया।

पहले के पाँच सालके पांच भागोंमें सनातन धर्म के अनेक गूढ़ रहस्यसम्बन्धीय ऐसे २ प्रबन्ध प्रकाशित हुए हैं कि आजतक वैसे धर्म्मसम्बन्धीय प्रबन्ध और कहीं भी प्रकाशित नहीं हुए हैं जो धर्म के अनेक रहस्य जानकर तृप्त होना चाहें वे इन पुस्तकों को मगावें। मूल्य पांचों भागों का २॥) रुपया।

भक्तिदर्शन । श्रीशाण्डिल्यसूत्रों पर बहुत विस्तृत हिन्दी भाष्यसहित और एक अति विस्तृत भूमिका सहित यह ग्रन्थ प्रणीत हुआ है। हिन्दीका यह एक असाधारण ग्रन्थ है। ऐसा भक्तिसम्बन्धीय ग्रन्थ हिन्दीमें पहले प्रकाशित नहीं हुआ था। भगवद्भक्तिके विस्तारित रहस्योंका ज्ञान इस ग्रन्थके पाठ करनेसे होता है। भक्तिशास्त्रके समझने की इच्छा रखनेवाले और श्रीभगवान् में भक्ति करने वाले धार्मिकमात्रको इस ग्रन्थ का पढ़ना उचित है। मूल्य १)

गीतावली । इसको पढ़नेसे सङ्गीतशास्त्रका मर्म्म थोड़ेमें ही समझमें आसकेगा । इसमें अनेक अच्छे अच्छे भजनोंका भी संग्रह है। सङ्गीतानुरागी और भजनानुरागियोंको अवश्य इसको लेना चाहिये। मूल्य ॥) आठ आना।

गुरुगीता । इस प्रकारको गुरुगीता आजतक किसी भाषामें प्रकाशित नहीं हुई है। इसमें गुरुशिष्यलक्षण, उपासनाका रहस्य और भेद, मन्त्र हठ लय और राजयोगोंका लक्षण और अङ्ग एवं गुरुमाहात्म्य, शिष्यकर्त्तव्य, परमतत्त्वका स्वरूप और गुरुशब्दार्थ आदि सब विषय स्पष्टरूपसे हैं। मूल और स्पष्ट सरल व सुमधुर भाषानुवाद सहित यह ग्रन्थ छपा है। गुरु और शिष्य दोनोंका उपकारी यह ग्रन्थ है। इसका बंगानुवाद भी छप चुका है।

मूल्य =) दो आनामात्र।

मन्त्रसंयोगसंहिता । योगविषयक ऐसा अपूर्व्व ग्रन्थ आज तक प्रकाशित नहीं हुआ है। इसमें मन्त्रयोग के १६ अङ्ग और क्रमशः उनके लक्षण, साधनप्रणाली आदि सब अच्छीतरहसे वर्णन किये गये हैं। गुरु और शिष्य दोनों ही इससे परम लाभ उठा सके हैं। इसमें मन्त्रों का स्वरूप और उपास्यनिर्णय बहुत अच्छा किया गया है। घोर अनर्थकारी साम्प्रदायिक विरोधके दूर करनेके लिये यह एकमात्र ग्रन्थ है। इसमें नास्तिकोंके मूर्तिपूजा, मन्त्रसिद्धि आदि विषयोंमें जो प्रश्न होते हैं उनका अच्छा समाधान है।

मूल्य १) एक रुपयामात्र।

तत्त्वबोध । भाषानुवाद और वैज्ञानिक टिप्पणी सहित। यह मूल ग्रन्थ श्रीशङ्कराचार्य कृत है। इसका बंगानुवाद भी प्रकाशित हो चुका है। मूल्य =) दो आना।

संन्यासगीता। श्रीभारतधर्म्म महामण्डलके द्वारा सन्न्यासियोंके लिये सन्न्यासगीता, साधकों के लिये गुरुगीता और पञ्च उपासकों के लिये पञ्चगीताएँ हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित हो रही हैं। इनमें से गुरुगीता, सन्न्यासगीता, सूर्य्यगीता और शक्तिगीता प्रकाशित हो चुकी है, विष्णुगीता, धीशगीता और शम्भुगीता छप रही है। सन्न्यासगीता में सब सम्प्रदायोंके साधु और सन्न्यासियोंके लिये सब जानने योग्य विषय सन्निविष्ट हैं। सन्न्यासिगण इसके पाठ करने से विशेष ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे और अपना कर्त्तव्य जान सकेंगे। गृहस्थोंके लिये भी यह ग्रन्थ धर्म्मज्ञानका भण्डार है।

मूल्य ।॥) बारह आना।

दैवीमीमांसा दर्शन प्रथम भाग। वेदके तीन काण्ड हैं। यथाः—कर्म्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड। ज्ञानकाण्डका वेदान्त दर्शन, कर्म्मकाण्ड का जैमिनी दर्शन और भरद्वाज दर्शन और उपासनाकाण्ड का यह अङ्गिरा दर्शन है। इसका नाम दैवीमीमांसा दर्शन है। यह ग्रन्थ आज तक प्रकाशित नहीं हुआ था। इसके चार पाद हैं, यथाः—प्रथम रसपाद इस पाद में भक्तिका विस्तारित विज्ञान वर्णित है। दूसरा सृष्टि पाद, तीसरा स्थिति पाद और चौथा लयपाद, इन तीनों पादोंमें दैवीमाया, देवताओंके भेद, उपसनाका विस्तारित वर्णन और भक्ति और उपासनासे मुक्तिकी प्राप्तिका सब कुछ विज्ञान वर्णित है इस प्रथम भाग में इस दर्शन शास्त्रके प्रथम दो पाद हिन्दी अनुवाद और हिन्दी भाष्यसहित प्रकाशित हुए हैं।

मूल्य १॥) डेढ़ रुपया।

श्रीभगवद्गीता प्रथमखण्ड। श्रीगीताजीका अपूर्व हिन्दी भाष्य यह प्रकाशित हो रहा है। जिसका प्रथम खण्ड, जिसमें प्रथम अध्याय और द्वितीय अध्याय का कुछ हिस्सा है, प्रकाशित हुआ है। आज तक श्रीगीताजी पर अनेक संस्कृत और हिन्दी भाष्य प्रकाशित हुए हैं परन्तु इस प्रकार का भाष्य आज तक किसी भाषा में प्रकाशित नहीं हुआ है। गीता का अध्यात्म, अधिदैव, अधिभूतरूपी त्रिविध स्वरूप, प्रत्येक श्लोक का त्रिविधअर्थ और सब प्रकारके अधिकारियोंके समझने योग्य गीता-विज्ञानका विस्तारित विवरण इस भाष्य में मौजूद है।

मूल्य १) एक रुपया।

मैनेजर, निगमागम बुकडिपो, महामण्डलभवन, जगतगंज, बनारस।

पाँच गीताएँ।

पञ्चोपासनाके अनुसार पांच गीताएं--श्रीविष्णुगीता, श्री-सूर्य्यगीता, श्रीशक्तिगीता, श्रीधीशगीता और श्रीशम्भुगीता-भाषानुवाद-सहित छपनेको तैयार हैं। इनमें से सूर्य्यगीता और शक्तिगीता छप चुकी है और बाकी गीताएँ छप रही हैं। श्रीभारतधर्म महामण्डल इन पांच गीताओंका प्रकाशन निम्न लिखित उद्देश्योंसे कर रहा है:-१म, जिस साम्प्रदायिक विरोधने उपासकोंको धर्मके नामसे ही अधर्म्म सञ्चित करनेकी अवस्थामें पहुंचा दिया है, जिस साम्प्रदायिक विरोधने उपासकोंको अहंकार-त्यागी होनेके स्थानमें घोर साम्प्रदयिक अहंकारसम्पन्न बना दिया है, भारतकी वर्तमान दुर्दशा जिस साम्प्रदायिक विरोधका प्रत्यक्ष फल है और जिस साम्प्रदायिक विरोधने साकार-उपासकोंमें घोर द्वेषदावानल प्रज्वलित कर दिया है उस साम्प्रदायिक विरोधका समूल उन्मूलन करना और २य, उपासनाके नामसे जो अनेक इन्द्रियासक्तिकी चरितार्थताके घोर अनर्थकारी कार्य होते हैं उनका समाज में अस्तित्व न रहने देना तथा ३य, समाज में यथार्थ भगवद्भक्तिके प्रचार द्वारा इहलौकिक और पारलौकिक अभ्युदय तथा निःश्रेयस-प्राप्तिमें अनेक सुविधाओंका प्रचार करना। इन पांचों गीताओंमें अनेक दार्शनिक तत्त्व, अनेक उपासनाकाण्डके रहस्य और प्रत्येक उपास्य देवकी उपासनासे सम्बन्ध रखनेवाले विषय सुचारुरूपसे प्रतिपादित किये गये हैं। ये पांचों गीताएं उपनिषद्रूप हैं। प्रत्येक उपासक अपने उपास्यदेवकी गीतासे तो लाभ उठावेगाही, किन्तु, अन्य चार गीताओंके पाठ करनेसे भी वह अनेक उपासनातत्त्वोंको तथा अनेक वैज्ञानिक रहस्योंको अवगत हो सकेगा और उसके अन्तःकरणमें प्रचलित साम्प्रदायिक ग्रन्थोंसे जैसा विरोध उदय होता है वैसा नहीं होगा और वह परम शान्तिका अधिकारी हो सकेगा। पाठक सूर्य्यगीता और शक्तिगीताको मंगाकर देख सकते हैं। ये छप चुकी हैं और इनका मूल्य क्रमशः ॥) और ।॥) है। इनमें एक एक तीन रंगा सूर्य्यदेव और भगवतीका चित्र भी दिया गया है। अन्य गीताओं में भी इसी प्रकारके चित्र रहेंगे और शीघ्र ही वे सब प्रकाशित

होगी । उनका मूल्यः–श्रीशम्भुगीता का ।||) विष्णु गीताका ।||) और श्रीशगीताका ||) रक्खा गया है ।

मैनेजर,
निगमागम बुकडीपो,
महामण्डलभवन,
जगत्‌गंज, बनारस ।

धार्म्मिक विश्वकोष ।

(श्रीधर्म्मकल्पद्रुम)

यह हिन्दू धर्म्मका अद्वितीय और परमावश्यक ग्रन्थ है । हिन्दू जाति की पुनरुन्नति के लिये जिन जिन आवश्यकीय विषयों की ज़रूरत है उनमें सब से बड़ी भारी ज़रूरत एक ऐसे धर्म्म ग्रन्थकी थी कि, जिसके अध्ययन-अध्यापन के द्वारा सनातन धर्म का रहस्य और उसका विस्तृत स्वरूप तथा उसके अङ्ग उपाङ्गों का यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो सके और साथ ही साथ वेदों और सब शास्त्रोंका आशय तथा वेदों और सब शास्त्रोंमें कहे हुए विज्ञानों का यथाक्रम स्वरूप जिज्ञासुको भलीभाँति विदित हो सके । इसी गुरुतर अभावको दूर करनेके लिये भारतके प्रसिद्ध धर्मवक्ता और श्रीभारतधर्म्म महामण्डलस्थ उपदेशक-महाविद्याल के दर्शन शास्त्रके अध्यापक श्रीमान् स्वामी दयानन्दजीने इस ग्रन्थका प्रणयन करना प्रारम्भ किया है । इसमें वर्त्तमान समय के आलोच्य सभी विषय विस्तृतरूपसे दिये जायंगे । अबतक इसके पांच खण्डों में जो अध्याय प्रकाशित हुए हैं, वे ये हैं:—धर्म्म, दानधर्म्म, तपोधर्म्म, कर्मयज्ञ, उपासनायज्ञ, ज्ञानयज्ञ, महायज्ञ, वेद, वेदाङ्ग, दर्शनशास्त्र(वेदोपाङ्ग), स्मृतिशास्त्र, पुराणशास्त्र, तन्त्र शास्त्र, उपवेद, ऋषि और पुस्तक, साधारण धर्म्म और विशेष धर्म्म, वर्णधर्म्म, आश्रमधर्म्म, नारीधर्म (पुरुषधर्म्मसे नारीधर्मकी विशेषता), आर्य-जाति, समाज और नेता, राजा और प्रजाधर्म्म, प्रवृत्तिधर्म्म और निवृत्तिधर्म, आपद्धर्म, भक्ति और योग, मन्त्रयोग, हठयोग, लय-योग, राजयोग, गुरु और दीक्षा, वैराग्य और साधन, आत्म

तत्त्व, जीवतत्त्व, प्राण और पीठतत्त्व, सृष्टि स्थिति प्रलयतत्त्व, ऋषि देवता और पितृतत्त्व, एवं अवतारतत्त्व। आगेके खण्डोंमें प्रकाशित होने वाले अध्यायोंके नाम ये हैं:—त्रिभावतत्त्व, मायातत्त्व, मुक्तितत्त्व, दर्शन-समीक्षा, साधनसमीक्षा, सम्प्रदाय और उपधर्म-समीक्षा, चतुर्दशलोकसमीक्षा, काल-समीक्षा, जीवन्मुक्ति-समीक्षा, सदाचार, पञ्च महायज्ञ, आह्निककृत्य, षोडश संस्कार, श्राद्ध, प्रेतत्व और परलोक, सन्ध्या-तर्पण, ओंकार-महिमा और गायत्री, भगवन्नाम माहात्म्य, वैदिक मन्त्रों और शास्त्रोंका अपलाप, तीर्थ-महिमा, सूर्य्यादिग्रह-पूजा, गोसेवा, संगीत-शास्त्र, देश और धर्म सेवा इत्यादि इत्यादि। इस ग्रन्थसे आजकलके अशास्त्रीय और विज्ञान-रहित धर्म्मग्रन्थों और धर्म्मप्रचारके द्वारा जो हानि हो रही है वह सब दूरहोकर यथार्थ रूपसे सनातन वैदिक धर्म्मका प्रचार होगा। इस ग्रन्थरत्नमें साम्प्रदायिक पक्षपात का लेश-मात्र भी नहीं है और निष्पक्षरूपसे सब विषय प्रतिपादित किये गये हैं, जिससे सकल प्रकारके अधिकारी कल्याण प्राप्त कर सकें। इसमें और भी एक विशेषता यह है कि हिन्दूशास्त्रके सभी विज्ञान शास्त्रीय प्रमाणों और युक्तियों के सिवाय, आजकलकी पदार्थ विद्या (Science) के द्वारा भी प्रतिपादित किये गये हैं जिससे आजकलके नवशिक्षित पुरुष भी इससे लाभ उठा सकें। इसकी भाषा सरल, मधुर और गम्भीर है। यह ग्रन्थ चौसठ अध्यायों और आठ समुल्लासोंमें पूर्ण होगा और यह वृहत् ग्रन्थ रायल साइज के चार हजार पृष्ठोंसे अधिक होगा तथा दस या बारह खण्डों में प्रकाशित होगा। इसी के साथ अन्तिम खण्डमें आध्यात्मिक शब्दकोष भी प्रकाशित करनेका विचार है।

इसके पाँच खण्ड प्रकाशित हो चुके हैं। प्रथम खण्डका मूल्य २), द्वितीय का १॥), तृतीयका २), चतुर्थ का २) और पंचमका २) है। इसके प्रथम दो खण्ड बढ़िया कागज पर भी छापे गये हैं और दोनों ही एक बहुत सुन्दर जिल्दमें बांधे गये हैं। मूल्य ५) है। छठा खण्ड यन्त्रस्थ है।

मैनेजर,
निगमागम बुकडीपो,
महामण्डलभवन,
जगत्गंज, बनारस।

अंग्रेजीभाषा के धर्म्मग्रन्थ ।

श्री भारतधर्म्म महामण्डल शास्त्र प्रकाश विभाग द्वारा प्रकाशित सब संहिताओं, गीताओं और दार्शनिक ग्रन्थोंका अंग्रेजी अनुवाद तयार हो रहा है जो क्रमशः प्रकाशित होगा । सम्प्रति अंग्रेजी भाषा में एक ऐसा ग्रन्थ छप रहा है कि जिसके द्वारा सब अंग्रेजीपढ़े व्यक्तियोंको सनातन धर्म्मका महत्त्व, उसका सर्वजीवहितकारी स्वरूप, उसके सब अङ्गोंका रहस्य, उपासनातत्त्व, योगतत्त्व, काल और सृष्टितत्त्व, कर्म्मतत्त्व, वर्णाश्रमधर्म्मतत्त्व इत्यादि सब बड़े बड़े विषय अच्छी तरह समझमें आजावें । यह ग्रन्थ बहुत शीघ्रही प्रकाशित होजायगा ।

मैनेजर
निगमागम बुकडीपो
महामण्डलभवन
जगत्गंज, बनारस

विविध विषयोंकी पुस्तकें ।

पारिवारिक प्रबन्ध १) आचारप्रबन्ध १) असभ्यरमणी =) धनुर्वेद-संहिता ।) ग्वीसेफ मेजिनी ।) परशुराम संवाद)। शस्त्रीजीके दो व्याख्यान ॥=) अनार्य्यसमाज रहस्य ≡) प्रयाग महात्म्य ॥=) अर्जुनगीता –) दानलीला)। हनुमान चलीसा)। भर्तृहरिचरित्र)। रामगीता ≡) भजन गोरक्षाप्रकाश मञ्जरी)॥ बारहमासी –) मानस मञ्जरी ।) मूर्तिपूजा ।=) वारेन्हेस्टिङ्गकी जीवनी १) इङ्गलिश ग्रामर ।) पहिली किताब)॥ उपन्यास कुसुम ≡) बालिका प्रबोधिनी –)॥ वैष्णवरहस्य)॥ दुर्गेशनन्दिनी प्रथम भाग ।=) दुर्गेशनन्दिनी द्वितीय भाग ।=) नवीन रत्नाकर भजनावली)। आदर्शहिन्दू रमणी ।) कार्तिकप्रसादकी जीवनी =) किसान विद्या ।) प्रवासी =) वसन्त-शृङ्गार ≡) बालहित –)॥ मेगास्थनीजका भारतवर्षीय वर्णन ॥=) सदाचार =) होलीका रहस्य –) क्षत्रियहितैषिणी –) गोवंशचिकित्सा ।) गोगीतावली –) वीरबाला ॥।) हमारा सनातनधर्म्म)। वैयाकरण भूषण ॥) त्रैमासिक व्याकरण ।) राजशिक्षा १) मङ्गलदेवप-

राजय =) भाषावाल्मीकीय रामायण १।) झांसीकी रानी।) कल्कि पुराण उर्दू ॥) सिद्धान्त कौमुदी २) राशिमाला)॥ सिद्धान्तपटल -) सारमञ्जरी ।) सिकन्दरकी जीवनी ॥।) योगामृततरङ्गिणी)॥ यजुर्वेदीय संध्या)॥

नोट—पचीस रुपयोंसे अधिककी पुस्तकें खरीदनेवालेको योग्य कमीशन भी दिया जायगा।

शीघ्र छपने योग्य ग्रन्थ। हिन्दी साहित्यकी पुष्टिके अभिप्रायसे तथा धर्म्मप्रचारकी शुभ वासना से निम्नलिखित ग्रन्थ क्रमशः हिन्दी अनुवाद सहित छपनेको तयार हैं। यथाः-भाषाअनुवाद सहित विष्णुगीता शम्भुगीता धीशगीता और हठयोग संहिता, योग दर्शनके भाषाभाष्यका नवीन संस्करण, भरद्वाजकृत कर्म्ममीमांसा-दर्शनके भाषाभाष्यका प्रथम खण्ड और सांख्यदर्शनका भाषाभाष्य।

मैनेजर, निगमागम बुकडीपो,
महामण्डलभवन, जगत्गंज, बनारस।

श्रीमहामण्डलके प्रधान पदधारीगण।

प्रधान सभापतिः—
श्रीमान् महाराजा बहादुर दरभंगा।

सभापति प्रतिनिधिसभाः—
श्रीमान् महाराजा बहादुर कश्मीर।

उपसभापति प्रतिनिधिसभाः—
श्रीमान् महाराजा बहादुर टीकमगढ़।

सभापति मन्त्रीसभाः-
श्रीमान् महाराजा बहादुर गिद्धौड़।

प्रधानाध्यक्षः—
पण्डित रामचन्द्र नायक कालिया
जमीन्दार व आनरेरी मेजिष्ट्रेट बनारस।

अन्यान्य समाचार जाननेका पता-
जनरल सैक्रेटरी
श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल, महामण्डलभवन,
जगत्गंज, बनारस।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डलके
सभ्यगण और मुखपत्र ।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधान कार्य्यालय काशी से एक हिन्दी भाषाका और दूसरा अंग्रेजी-भाषाका, इस प्रकार दो मासिक पत्र प्रकाशित होते हैं एवं श्रीमहामण्डलके अन्यान्य भाषाओंके मुखपत्र श्रीमहामण्डलके प्रान्तीय कार्य्यालयोंसे प्रकाशित होते हैं। यथाः-कलकत्तेके कार्य्यालयसे बङ्गला भाषाका मुखपत्र, फीरोजपुर (पञ्जाब) के कार्य्यालयसे उर्दू-भाषाका मुखपत्र, मेरठके कार्य्यालयसे हिन्दीभाषाका मुखपत्र और दिल्लीके कार्य्यालयसे हिन्दी-भाषाका मुखपत्र इत्यादि।

श्रीमहामण्डलके पांच श्रेणीके सभ्य होते हैं। यथाः-स्वाधीन नरपति और प्रधान-प्रधान धर्म्माचार्य्यगण संरक्षक होते हैं। भारतवर्षके सब प्रान्तोंके बड़े बड़े ज़मींदार, सेठ, साहुकार आदि सामाजिक नेतागण उस उस प्रान्तके चुनावके द्वारा प्रतिनिधि-सभ्य चुने जाते हैं। प्रत्येक प्रान्तके अध्यापक ब्राह्मणगणमें से उस उस प्रान्तीय मण्डलके द्वारा चुने जाकर धर्मव्यवस्थापक सभ्य बनाये जाते हैं। भारतवर्षके सब प्रान्तोंसे पांच प्रकारके सहायक सभ्य लिये जाते हैं; विद्यासम्बन्धी कार्य्य करनेवाले सहायक सभ्य, धर्म्म कार्य्य करनेवाले सहायक सभ्य, महामण्डल प्रान्तीय मण्डल और शाखासभाओंको धनदान करनेवाले सहायक सभ्य, विद्यादान करनेवाले विद्वान् ब्राह्मण सहायक सभ्य और धर्म्मप्रचार करनेवाले साधु संन्यासी सहायक सभ्य। पांचवीं श्रेणीके सभ्य साधारण सभ्य होते हैं जो हिन्दूमात्र हो सकते हैं। हिन्दू-कुलकामिनीगण केवल प्रथम तीन श्रेणीकी सहायक-सभ्या और साधारण-सभ्या हो सकती हैं। इन सब प्रकारके सभ्यों और श्रीमहामण्डलके प्रान्तीय मण्डल, शाखासभा और संयुक्त-सभाओंको श्रीमहामण्डलका हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी भाषाका मासिक पत्र विना मूल्य दिया जाता है। नियमितरूपसे नियत वार्षिक चन्दा २) दो रुपये देनेपर हिन्दू-नरनारी साधारण सभ्य हो सकते हैं। साधारण सभ्योंको विना मूल्य मासिक पत्रिकाके अतिरिक्त उनके उत्तराधिकारियोंको समाजहितकारी कोषके द्वारा विशेष लाभ मिलता है।

प्रधानाध्यक्ष, श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल, प्रधानकार्य्यालय,
जगतगंज, बनारस।

श्रीविश्वनाथ-अन्नपूर्णा-दानभण्डार ।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधान कार्य्यालय काशी में दीनदुखियोंके क्लेश निवारणार्थ यह सभा स्थापित की गई है। इस सभाके द्वारा अतिविस्तृत रीति पर शास्त्रप्रकाशनका कार्य्य प्रारम्भ किया गया है। इस सभाके द्वारा धर्म्मपुस्तिका पुस्तकादिका यथासम्भव विना मूल्य वितरण करनेका भी विचार रक्खा गया है। इस दानभाण्डारके द्वारा महामण्डल द्वारा प्रकाशित तत्त्वबोध, साधुओंका कर्त्तव्य, धर्म्म और धर्म्माङ्ग, दानधर्म्म, नारीधर्म्म, महामण्डलकी आवश्यकता आदि कई एक हिन्दीभाषाके धर्म्मग्रन्थ और अंग्रेजीभाषाके कई एक ट्रैक्स विना मूल्य योग्य पात्रोंको बांटे जाते हैं। पत्राचार करनेपर विदित हो सकेगा। शास्त्रप्रकाशनकी आमदनी इसी दानभाण्डारमें दीन दुःखियोंके दुःखमोचनार्थ व्यय की जाती है। इस सभामें जो दान करना चाहें या किसी प्रकारका पत्राचार करना चाहें वे निम्नलिखित पते पर पत्र भेजें।

सेक्रेटरी, श्रीविश्वनाथ-अन्नपूर्णा-दानभाण्डार,
श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल, प्रधान कार्य्यालय,
जगत्गंज, बनारस (छावनी)।

श्रीमहामण्डलस्थ उपदेशक-महाविद्यालय ।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधानकार्यालय काशी में साधु और गृहस्थ धर्म्मवक्ता प्रस्तुत करनेके अर्थ श्रीमहामण्डल-उपदेशक महाविद्यालय नामक विद्यालय स्थापित हुआ है। जो साधुगण दार्शनिक और धर्म्मसम्बन्धी ज्ञानलाभ करके अपने साधु-जीवनको कृतकृत्य करना चाहें और जो विद्वान् गृहस्थ धार्मिक शिक्षा लाभ करके धर्म्मप्रचार द्वारा देशकी सेवा करते हुए अपना जीवन निर्व्वाह करना चाहें वे निम्नलिखित पते पर पत्र भेजें।

प्रधानाध्यक्ष, श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल प्रधान कार्य्यालय,
जगत्गंज, बनारस (छावनी)।

श्रीअन्नपूर्णा-स्त्री-शिक्षालय ।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल तथा श्रीआर्य्य-महिलाहितकारिणी महापरिषद्की पृष्ठपोषकतामें यह शिक्षालय स्थापित हुआ है। इसमें ब्राह्मणी स्त्रियोंको धर्म-शिक्षा और धर्मवक्तृता देनेकी उपयोगिनी शिक्षा दी जाती है। योग्य पात्रियोंको इस संस्थासे नियमित मासिक वृत्ति भी दी जाती है। उनके रहनेका स्थान स्वतन्त्र है। श्रीमहामण्डलस्थ उपदेशक-महाविद्यालयके योग्य अध्यापकोंके द्वारा उनको शिक्षा दिलायी जाती है। पत्र-व्यवहारका पताः-

अध्यक्ष, श्रीअन्नपूर्णा-स्त्री-शिक्षालय,
मार्फत श्रीमहामण्डल कार्यालय जगतगञ्ज बनारस।

श्रीमहामण्डलके सभ्योंको विशेष सुविधा।

हिन्दू समाज की एकता और सहायताके लिये विराट् आयोजन।

श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल हिन्दू जातिकी अद्वितीय धर्म्ममहासभा और हिन्दू समाजकी उन्नति करनेवाली भारतवर्षके सकल प्रान्तव्यापी संस्था है। श्रीमहामण्डलके सभ्य महोदयोंको केवल धर्म्मशिक्षा देना ही इसका लक्ष्य नहीं है; किन्तु हिन्दू समाजकी उन्नति, हिन्दूसमाजकी दृढ़ता और हिन्दू समाज में पारस्परिक प्रेम व सहायताकी वृद्धि करना भी इसका प्रधान लक्ष्य है इस कारण निम्नलिखित नियम श्रीमहामण्डलकी प्रबन्ध-कारिणी सभाने बनाये हैं। इन नियमोंके अनुसार जितने अधिक संख्यक सभ्य महामण्डलमें सम्मिलित होंगे उतनी ही अधिक सहायता महामण्डलके सभ्य महोदयोंको मिल सकेगी। ये नियम ऐसे सुगम और लोकहितकर बनाये गये हैं कि श्रीमहामण्डलके जो सभ्य होंगे उनके परिवारको बड़ी भारी एककालिक दानकी सहायता प्राप्त हो सकेगी। वर्त्तमान हिन्दूसमाज जिस प्रकार दरिद्र होगया है उसके अनुसार श्रीमहामण्डलके ये नियम हिन्दू समाजके लिये बहुत ही हितकारी हैं इसमें सन्देह नहीं।

श्रीमहामण्डलके मुखपत्रसम्बन्धी उपनियम ।

(१) धर्म्मशिक्षाप्रचार, सनातनधर्मचर्चा, सामाजिकउन्नति, सद्विद्याविस्तार, श्रीमहामण्डलके कार्य्योंके समाचारोंकी प्रसिद्धि और सभ्योंको यथासम्भव सहायता पहुँचाना आदि लक्ष्य रख कर श्रीमहामण्डलके प्रधान कार्य्यालय द्वारा भारत के विभिन्न प्रान्तोंमें प्रचलित देशभाषाओंमें मासिक पत्र नियमितरूपसे प्रचार किये जायँगे ।

(२) अभी केवल हिन्दी और अँग्रेजी–इन दो भाषाओंके दो मासिक पत्र प्रधान कार्य्यालयसे प्रकाशित हो रहे हैं। यदि इन नियमोंके अनुसार कार्य्य करने पर विशेष सफलता और सभ्योंकी विशेष इच्छा पाई जायगी तो भारत के विभिन्न प्रान्तोंकी देशभाषाओंमें भी क्रमशः मासिक पत्र प्रकाशित करनेका विचार रक्खा गया है । इन मासिक पत्रोंमेंसे प्रत्येक मेम्बरको एक एक मासिक पत्र, जो वे चाहेंगे, विना मूल्य दिया जायगा । कमसे कम दो हजार सभ्य महोदयगण जिस भाषाका मासिक पत्र चाहेंगे, उसी भाषामें मासिक पत्र प्रकाशित करना आरम्भ कर दिया जायगा; परन्तु जबतक उस भाषाका मासिक पत्र प्रकाशित न हो तब तक श्रीमहामण्डलका हिन्दी अथवा अंगरेजीका मासिक पत्र विना मूल्य दिया जायगा ।

(३) श्रीमहामण्डलके साधारण सभ्योंको वार्षिक दो रुपये चन्दा देने पर इन नियमोंके अनुसार सब सुबिधाएँ प्राप्त होंगी । श्रीमहामण्डलके अन्य प्रकारके सभ्य जो धर्म्मोन्नति और हिन्दूसमाजकी सहायताके विचारसे अथवा अपनी सुबिधाके विचारसे इस विभागमें स्वतन्त्र रीतिसे कमसे कम २) दो रुपये वार्षिक नियमित चन्दा देंगे वे भी इस कार्य्यविभागकी सब सुबिधाएँ प्राप्त कर सकेंगे ।

(४) इस विभागके रजिस्टर दर्ज सभ्योंको श्रीमहामण्डलके अन्य प्रकारके सभ्योंकी रीतिपर श्रीमहामण्डलसे सम्बन्धयुक्त सब पुस्तकादि अपेक्षाकृत स्वल्प मूल्यपर मिला करेंगी ।

समाजहितकारी कोष।

(यह कोष श्रीमहामण्डलके सब प्रकारके सभ्योंके—जो इसमें सम्मिलित होंगे--निर्वाचित व्यक्तियोंको आर्थिक सहायताके लिये खोला गया है)

(५) जो सभ्य नियमित प्रतिवर्ष चन्दा देते रहेंगे उनके देहान्त होने पर जिनका नाम वे दर्ज करा जायँगे, श्रीमहामण्डलके इस कोष द्वारा उनको आर्थिक सहायता पहुँचेगी।

(६) जो मेम्बर कमसे कम तीन वर्ष तक मेम्बर रहकर लोकान्तरित हुए हों, केवल उन्हींके निर्वाचित व्यक्तियोंको इस समाज हितकारी कोषकी सहायता प्राप्त होगी, अन्यथा नहीं दी जायगी।

(७) यदि कोई सभ्य महोदय अपने निर्वाचित व्यक्तिके नामको श्रीमहामण्डलप्रधानकार्यालयके रजिस्टरमें परिवर्त्तन कराना चाहेंगे तो ऐसा परिवर्त्तन एक बार विना किसी व्ययके किया जायगा। उसके बाद वैसा परिवर्तन पुनः कराना चाहें तो।) भेजकर परिवर्त्तन करा सकेंगे।

(८) इस विभागमें साधारण सभ्य और इस कोषके सहायक अन्यान्य सभ्योंकी ओरसे प्रतिवर्ष जो आमदनी होगी उसका आधा अंश श्रीमहामण्डलके छपाई-विभागको मासिक पत्रोंकी छपाई और प्रकाश आदि कार्य्यके लिये दिया जायगा। बाकी आधा रुपया एक स्वतन्त्र कोषमें रक्खा जायगा जिस कोषका नाम "समाजहितकारी कोष" होगा।

(९) "समाजहितकारी कोष" का रुपया बैंक ऑफ बंगाल अथवा ऐसे ही विश्वस्त बैंकमें रक्खा जायगा।

(१०) इस कोषके प्रबन्धके लिये एक ख़ास कमेटी रहेगी।

(११) इस कोषकी आमदनीका आधा रुपया, प्रतिवर्ष इस कोषके सहायक जिन मेम्बरोंकी मृत्यु होगी, उनके निर्वाचित व्यक्तियोंमें समानरूपसे बाँट दिया जायगा।

(१२) इस कोषमें बाकी आधे रुपयोंके जमा रखनेसे जो लाभ होगा, उससे श्रीमहामण्डलके कार्यकर्ताओं तथा मेम्बरोंके क्लेशका विशेष कारण उपस्थित होनेपर उन क्लेशोंको दूर करनेके लिये कमेटी व्यय कर सकेगी।

(१३) किसी मेम्बरकी मृत्यु होनेपर वह मेम्बर यदि किसी महामण्डलकी शाखासभाका सभ्य हो अथवा किसी शाखासभाके निकटवर्ती स्थानमें रहनेवाला हो तो उसके निर्वाचित व्यक्तिका फर्ज होगा कि वह उक्त शाखासभाकी कमेटीके मन्तव्यकी नकल श्रीमहामण्डल प्रधान कार्य्यालयमें भिजवावे। इस प्रकारसे शाखा-सभाके मन्तव्यकी नकल आने पर कमेटी समाजहितकारी कोषसे सहायता देनेके विषयमें निश्चय करेगी।

(१४) जहाँ कहीं के सभ्योंको इस प्रकारकी शाखासभाकी सहायता नहीं मिल सकती है या जहाँ कहीं निकट शाखासभा नहीं है ऐसी दशामें उस प्रान्तके श्रीमहामण्डलके प्रतिनिधियोंमेंसे किसीके अथवा किसी देशी रजवाड़ोंमें हों तो उक्त दर्बारके प्रधान कर्म्मचारीके सार्टिफिकिट मिलनेपर सहायता देनेका प्रबन्ध किया जायगा।

(१५) यदि कमेटी उचित समझेगी तो आलाबाला खबर मंगाकर सहायताका प्रबन्ध करेगी जिससे कार्य्यमें शीघ्रता हो।

अन्यान्य नियम।

(१६) महामण्डलके अन्य प्रकारके सभ्योंमेंसे जो महाशय हिन्दू समाजकी उन्नति और दरिद्रोंकी सहायताके विचारसे इस कोषमें कमसे कम २) दो रुपया सालाना सहायता करने पर भी इस फण्डसे फायदा उठाना नहीं चाहेंगे वे इस कोषके परिपोषक समझे जायेंगे और उनकी नामावली धन्यवाद सहित प्रकाशित की जायगी।

(१७) हरएक साधारण मेम्बरको-चाहे स्त्री हो या पुरुष-प्रधान कार्यालयसे एक प्रमाणपत्र जिसपर पञ्चदेवताओंकी मूर्ति और कार्यालयकी मुहर होगी—साधारण मेम्बरके प्रमाणरूपसे दिया जायगा।

(१८) इस विभागमें जो चन्दा देंगे उनका नाम नम्बर सहित हर वर्ष रसीदके तौर पर वे जिस भाषाका मासिक पत्र लेंगे उसमें छापा जायगा। यदि गल्तीसे किसीका नाम न छपे तो उनका फ़र्ज होगा कि प्रधान कार्य्यालयमें पत्र भेजकर अपना नाम छपवावें; क्योंकि यह नाम छपना ही रसीद समझी जायगी।

(१६) प्रतिवर्ष का चन्दा २) मेम्बर महाशयोंको जनवरी महीनेमें आगामी भेज देना होगा। यदि किसी कारण विशेषसे जनवरीके अन्ततक रुपया न आवे तो और एक मास अर्थात् फरवरी मास तक अवकाश दिया जायगा और इसके बाद अर्थात् मार्च महीनेमें रुपया न आनेसे मेम्बर महाशयका नाम काट दिया जायगा और फिर वे इस समाजहितकारी कोष से लाभ नहीं उठा सकेंगे।

(२०) मेम्बर महाशयका पूर्व नियमके अनुसार नाम कट जानेपर यदि कोई असाधारण कारण दिखाकर वे अपना हक़ साबित रखना चाहेंगे तो कमेटीको इस विषयमें विचार करने-का अधिकार मई मासतक रहेगा और यदि उनका नाम रजि-स्टरमें पुनः दर्ज किया जायगा तो उन्हें ।) हर्जाना समेत चन्दा अर्थात् २।) देकर नाम दर्ज़ करालेना होगा।

(२१) वर्ष के अन्दर जब कभी कोई नये मेम्बर होंगे तो उन-को उस सालका पूरा चन्दा देना होगा । वर्षारम्भ जनवरीसे समझा जायगा।

(२२) हरसाल के मार्च मास में परलोकगत मेम्बरोंके नि-र्वाचित व्यक्तियोंको 'समाजहितकारी कोष' की गतवर्ष की सहायता बाँटी जायगी; परन्तु नं० १२ के नियमके अनुसार सहा-यताके बाँटनेका अधिकार कमेटीको सालभर तक रहेगा।

(२३) इन नियमोंके घटाने-बढ़ानेका अधिकार 'महामण्डल' को रहेगा।

(२४) इस कोष की सहायता 'श्रीभारतधर्म महामण्डल, प्रधान कार्यालय, काशी' से ही दी जायगी।

सेक्रेटरी,
श्रीभारतधर्म्ममहामण्डल,
जगत्गंज, बनारस।

श्रीमहामण्डलका शास्त्रप्रकाशविभाग।

यह विभाग बहुत विस्तृत है। अपूर्व संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी पुस्तकें काशी प्रधानकार्य्यालय (जगत्गंज) में मिलती हैं। बंगला सीरीज कलकत्ता दफ्तर (१२बहूबाजारस्ट्रीट में) व उर्दू सिरीज फीरोजपुर [पञ्जाब] दफ्तरमें मिलती है और इसी प्रकार अन्यान्य प्रान्तीय कार्य्यालयोंमें प्रान्तीय भाषाओंके ग्रन्थोंका प्रबन्ध हो रहा है।

आर्य्यमहिलाके नियम।

१--श्रीआर्य्यमहिलाहितकारिणी महापरिषद्की मुखपत्रिकाके रूपमें आर्य्यमहिला प्रकाशित होती है।

२--महापरिषद्की सब प्रकारकी सभ्या महोदयाओं और सभ्य महोदयोंको यह पत्रिका विना मूल्य दीजाती है। अन्य ग्राहकोंको ६) वार्षिक अग्रिम देने पर प्राप्त होती है। प्रतिसंख्याका मूल्य १॥) है। पुस्तकालयों तथा वाचनालयों को ३) वार्षिकमें हीदी जाती है।

३--किसी लेखको घटाने बढ़ाने वा प्रकाशित करने न करनेका सम्पूर्ण अधिकार सम्पादिकाको है। योग्य लेखकों तथालेखिकाओं को नियत पारितोषिक दिया जाता है और विशेष योग्य लेखकों तथा लेखिकाओंको अन्यान्य प्रकार से भी सम्मानित किया जाता है।

४--हिन्दी लिखने में असमर्थ मौलिक लेखक-लेखिकाओंके लेखोंका अनुवाद कार्यालयसे कराकर छापा जाता है।

५--समालोचनार्थ पुस्तकें, लेख, परिवर्त्तनकी पत्र-पत्रिकाएँ, कार्य्यालय-सम्बन्धी पत्र, छपने योग्य विज्ञापन और रुपया आदि सब निम्नलिखित पते पर आना चाहिये।

पण्डित रामगोविन्द त्रिवेदी वेदान्तशास्त्री

मैनेजर आर्य्यमहिला

श्रीमहामण्डलभवन जगत्गंज बनारस।

एजन्टोंकी आवश्यकता।

श्रीभारतधर्म्म महामण्डल और आर्य्य महिला हितकारिणी महापरिषद्के मेम्बरसंग्रह और पुस्तकविक्रय आदिके लिये भारतवर्षके प्रत्येक नगरमें एजण्टोंकी जरूरत है। एजन्टोंको अच्छा पारितोषिक दिया जायगा। इस विषयके नियम श्रीमहामण्डल प्रधान कार्यालयमें पत्र भेजनेसे मिलेंगे।

सैक्रेटरी

श्रीभारतधर्म्म महामण्डल

जगत्गंज बनारस।

THE ARYAN BUREAU OF SEERS & SAVANTS.

ESTABLISHED UNDER THE DISTINGUISHED PATRONAGE OF THE LEADERS OF SRI BHARAT DHARMA MAHAMANDAL.

IT is in contemplation to form a Committee (Bureau) with the object, amongst others, of establishing a connecting link, through the vehicle of correspondence, with those Scholars and Literary Societies that take an interest in questions of Theology, Hindu Philosophy and Sanskrit literature all over the civilised world.

To fulfil the above objects the Bureau intends to take up the following :—

1. To receive and answer questions through *bona fide* correspondence regarding Hindu Religion and Science, Codes, Practical Yoga, Vaidic Philosophy and General Sanskrit Literature.

2. To exhibit to the enlightened world the catholicity of the Vaidic doctrines, and its fostering agency as universal helper towards moral and spiritual amelioration of nations.

3. To render mutual help as regards comparative researches in Science, Philosophy and Literatures both Oriental and Occidental.

4. To welcome such suggestions as may emanate from learned sources all over the world conducive to the improvement and benefit of humanity.

5.- And to do such other things as may lead to the fulfilment of the above objects or any of them.

RULES OF THE SOCIETY.

1. There are to be 2 classes of Members, General & Special.
2. The Memberships are to be all honorary.
3. Those who will sympathise with our object, and enlist their names and addresses in the Register of the Bureau as Co-operators will be considered as General Members.
4. Special members are to be those who shall be qualified to answer points of their respective religions.
5. The Membership of the Bureau will be irrespective of caste, creed and nationality.
6. The spiritual questions will be responded to through correspondence as well as in Debate Meetings held in the office of the Bureau on dates fixed for the purpose.
7. There is to be a Secretary and an Assistant Secretary to be appointed by the Founder of the Bureau (both posts honorary.)
8. All the books, tracts and leaflets that will be published concerning the Bureau will be forwarded free to all the Members of the Bureau.

All correspondence to be addressed to—

SWAMI DAYANAND, SECRETARY,

Aryan Bureau of Seers & Savants.

C/o Sri Mahamandal Office, BENARES CITY, (India.)

N.B.—Oriental scholars, all over the world, are invited to send their name and addresses to facilitate mutual communication and despatch of necessary Papers.

महर्षिप्रवरपतञ्जलिप्रणीतं

योगसूत्रम्

(षट्टीकोपेतम्)

पातञ्जलाभिधं रक्तं सर्पवक्त्रं सुतेजसम् ।
अक्षसूत्रं [illegible] दधतं कुण्डलान्वितम् ॥

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

पोस्ट बाक्स नं० १३९

वाराणसी

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

८३

महर्षिप्रवरपतञ्जलिप्रणीतं

योगसूत्रम्

पण्डितप्रवरधाराधिपतिभोजराजकृतेन **राजमार्तण्डेन** दार्शनिकशिरोमणिभावागणेशविरचितेन **प्रदीपेन** पं० नागोजीभट्टनिर्मितया **वृत्त्या** यतिप्रवर-रामानन्दविहितया **मणिप्रभया** विद्वद्वरानन्तदेवसम्पादितया **चन्द्रिकया** योगिराज पं० सदाशिवेन्द्रसरस्वतीकृतेन **योगसुधाकरेण** च समन्वितम्

वाराणसीस्थनित्यानन्दवेदविद्यालये मुख्याध्यापकेन न्यायाचार्य–काव्यतीर्थ-

पं० ढुण्ढिराजशास्त्रिणा

पाठान्तरेण टिप्पण्या च समलङ्कृत्य संशोधितम्

डा० महाप्रभुलालगोस्वामिकृतया

विस्तृतहिन्दीभूमिकया समेतम्

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक

पो० आ० चौखम्भा, पो० बा० नं० १३९

जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी (भारत)

THE

KAŚHI SANSKRIT SERIES

83

*****

YOGASŪTRAM

By

MAHARṢIPATAÑJALI

With Six Commentaries

(1) RĀJAMĀRTAṆḌA *by* Bhojarāja, (2) PRADĪPIKĀ *by* Bhāvā-Gaṇeśa, (3) VṚTTI *by* Nāgoji Bhaṭṭa, (4) MAṆIPRABHĀ *by* Rāmānandayati. (5) CHANDRIKĀ *by* Anantadeva and (6) YOGASUDHĀKARA *by* Sadāśivendra Sarasvatī.

Edited with Notes by

Nyāyāchārya Kāvyatīrtha

PAṆḌIT ḌHUNḌHIRĀJ ŚĀSTRĪ

Principal, Nityanand Veda Vidyalaya, Benares.

A critical and comparative introduction in Hindi by

Dr. MAHĀPRABHU LĀL GOSWĀMĪ

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN

Publisher and Distributor of Oriental Cultural Literature

P. O. Chaukhambha, P. Box No. 139

Jadau Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane

VARANASI (INDIA)

प्राक्कथन

योग का उद्भव:—

वैदिक साहित्य सुसम्बद्ध आदिमानव की समग्र भावना के विदग्ध मनन की सृष्टि है। इसका रचयिता अलक्ष्य है, किन्तु सिद्धान्त ध्रुव पद के रूप में आर्य भावना का वहन [illegible] रहा है। इसमें दीर्घकालव्यापिनी सुनियन्त्रित साधना का परिनिष्ठित रूप है, जो विश्व के मानवों के संवित्प्रकर्ष का अनतिवर्तनीय संकेत है। सनातन मानव का सनातन ज्ञान योग ही वेद है।

असंख्य धारा में प्रवाहित भारतीय दर्शन का सारतम उपदेश बृहदारण्यकोपनिषत् का 'याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी' संवाद ही है। 'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः मन्तव्यः निदिध्यासितव्यः' इस उपदेश में भारतीय जीवन प्रवाह की समग्र आशा आकांक्षा का पर्यवसान होता है। आत्मतत्व का श्रवण, मनन और निदिध्यासन ही दर्शन है। आत्मतत्त्व के विश्लेषण एवं उसके साक्षात्कार के साधन और स्वरूप के निरूपण में ही योगदर्शन का भी तात्पर्य है।

योग [illegible] प्रथम आचार्य हिरण्यगर्भ को माना गया है। आचार्य वाचस्पतिमिश्र ने 'अथ योगानुशासनम्' (यो. सू. १।१) में लिखा है कि "हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः" अर्थात् योग का प्रथम प्रवक्ता हिरण्यगर्भ ही है। पतञ्जलि मुनिने भी इसी की अभिव्यक्ति के लिए 'अनुशासन' शब्द का प्रयोग किया है। अप् ने प्रथम सृष्टि के रूप में भ्रूण को धारण किया। यह अज की नाभि में अर्पित था, जिसके मध्य में विश्वभुवन था। यह प्रथम भ्रूण या गर्भ ही हिरण्यगर्भ था। एक सूक्त का द्रष्टा भी हिरण्यगर्भ[1] है।

---

१. भास्वती के अनुसार कपिल ही हिरण्यगर्भ है। "हिरण्यगर्भोऽत्र परमर्षेः कपिलस्य संज्ञाभेदः।......हिरण्यगर्भाख्यया पूजितः। (भा० १।१)

हठयोगदीपिका के अनुसार सृष्टि के आरम्भ में हिरण्यगर्भ ने स्वाध्यायशील ऋषियों को योग का उपदेश दिया। "स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः" २।४४ इसकी सार्थकता यह मानने पर ही होती है। वस्तुतः, ज्ञानात्मक अज की [illegible] रूप में होने की इच्छा और संकल्प प्रबुद्ध हुआ, विषय की आवश्यकता हुई, नार निर्मल चित्त जल के समान था। अतृप्त हिरण्यगर्भ क्षुब्ध हो

Phone : 65889

Second Edition 1982

Price : Rs. 60-00

Also can be had of—

CHAUKHAMBHA VISVABHARATI

Post Box No. 65

Chowk (Opposite Chitra Cinema)

VARANASI-221001

Phone : 65444

परम्परा क्रम में उपलब्ध है। [illegible] यह विचारणीय है कि विवस्वान् कौन है? व्योममण्डल के आदित्य का इससे क्या सम्बन्ध है? सूर्य के पुत्र मनु और मनु के पुत्र इक्ष्वाकु, इक्ष्वाकु सूर्यवंश के आदि राजा हुए। सूर्य का अधिष्ठातृ देव अज है और पौराणिक एवं स्मृतियों की भूमिका में हिरण्यगर्भ के द्वारा सृष्ट सूर्य है।

शास्त्रैकगम्य अनन्त आनन्द, चैतन्य, एकरस, कूटस्थ ने अपने को योग शक्ति के प्रभाव से संस्कृत मन से सृष्टि की। जिस सृष्टि में किसी उपादान की आवश्यकता न हुई। अतः कूटस्थ ही योग का प्रथम प्रवर्तक है और इसका परिज्ञान हिरण्यगर्भ की सृष्टि से होता है अथवा आदित्य जो अखण्ड चैतन्य या ज्योति का प्रतीक है जिसे आर्य भावना का वहनकर्ता दीप्ति माना गया है, वही इसका व्यक्त प्रवर्तक है। आविर्भाव योग के विना सम्भव नहीं है। मनुस्मृति के प्रथम अध्याय के सप्तम पद्य के द्वारा सूक्ष्म अव्यक्त सनातन चराचरात्मक निखिल प्रपञ्च के कारण को अचिन्त्य माना और योग के द्वारा जिसने उद्भूत जल अर्थात् (अप्) शरीर को धारण किया। प्रकृत में 'उद्बभौ' शब्द दिया गया है, साथ ही स्वयम् शब्द का प्रयोग अतिशय मार्मिक है, स्वयमुद्बभौ अर्थात् स्वयं प्रकाशित हुए, यह प्रकाश अन्य दीप्ति सापेक्ष नहीं था। दीप्ति अर्थ को कहने वाला 'भा' धातु का यही अर्थ विवक्षित है। प्रथम जल की सृष्टि कर उसमें बीज का निक्षेप किया। जिसकी संज्ञा हिरण्यगर्भ थी। यह सृष्टि सङ्कल्पात्मक थी। इस अण्ड को सहस्र सूर्य के समान ज्योतिर्मय कहा गया है। अप् का अर्थ नर, नर ही नार होता है और यह अयन अर्थात् आश्रय है, अतः इनकी संज्ञा नारायण है। इस प्रसङ्ग में यह ध्यान देने योग्य है कि नारायण अज को गीता के आधार पर योग का आदि प्रवर्तक कहा गया है और [illegible] हिरण्यगर्भ को। किन्तु, यह कथन परस्पर विरुद्ध नहीं है, क्योंकि योग का प्रयोग सङ्कल्पात्मिका सृष्टि के रूप में अज से चलता है और पुनः योगज हिरण्यगर्भ को, जो योगज [illegible] है, अतः इसीको प्रथम सृष्ट क्रम का प्रवर्तक मानना ठीक ही है, क्योंकि [illegible] से यही योग का प्रवर्तक है।

वैदिक दृष्टि में आदित्य :—

वैदिक साहित्य का प्रधान उपजीव्य देववाद को कहना अनुचित नहीं है। किन्तु यह देववाद ज्योतिस्वरूप है। क्योंकि देव शब्द की निष्पत्ति दीप्ति या द्योतन अर्थ कहने वाली दिव् से होती है। यह दिव शब्द प्रकाश का बोधक है दिव, दिवा, [illegible] इन तीनों शब्दों में एक ही भावना अनुस्यूत है। इस आलोक में बोध, जागरण, चिति, विवेक, प्रज्ञान, संवित् सन्निहित है। बोध

तम् इदं गर्भं प्रथमं दध्र आपो यत्र देवाः समगच्छन्त विश्वे,
अजस्य नाभावध्येकम् अर्पितम् यस्मिन् विश्वानि भुवनानि तस्थुः ।
(ऋ०१०।८२।६)

हिरण्यगर्भ सूक्त के प्रथम श्लोक में कहा—

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् ।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥
(ऋ० १०।१२१।१)

इस मन्त्र से यह सिद्ध है कि हिरण्यगर्भ का जन्म हुआ; ब्रह्माण्ड शरीर प्रजापति, जरायुज, अण्डज, स्वेदज, उद्भिज इन चारों भूत समूहों अर्थात् प्राणियों की उत्पत्ति में प्रथम स्थान इसी का है। भूत का यह एकमात्र ईश्वर था। उसके बाद ईशान आता है जो चैतन्य का स्वधर्म है। इसी प्रकार शिव को भी योग का आचार्य माना जा सकता है, क्योंकि परवर्ती सभी योग सम्प्रदाय या योगियों का समूह शिव का ही उपासक रहता है, और शिव का योग मुद्रा में, या समाधि की स्थिति में वर्णन पौराणिक युग से आधुनिक युग तक उपलब्ध है। ईशान शिव का अपरपर्याय है।

इस प्रसङ्ग में निष्पक्ष दृष्टि से विवेचन किया जाय तो यह आर्यों के द्योतनात्मक देव से ही इसकी भी उत्पत्ति है। हिरण्यगर्भ भी तेज का ही प्रतीक है।

योग के आचार्यों की योगेश्वर ने जो परम्परा निर्दिष्ट की है उसके साथ समन्वय करने पर आदित्य को ही योग का प्रथम आचार्य मानना होगा। अज, विवस्वान्, मनु, इक्ष्वाकु, यह क्रम निर्दिष्ट किया है। योग चतुष्पाद के रूप में विश्व की विभूति है। इसके द्वारा अक्षर स्वरूप ब्रह्म का निर्देश हो रहा है।

इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययम् ।
विवस्वान् मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत् ॥ (गी. ४।१)

कूटस्थ अज के द्वारा प्रथम योग का उपदेश आदित्य को प्राप्त होता है। आदित्य से मनु को, मनु से इक्ष्वाकु को, इक्ष्वाकु के द्वारा यह आज तक

उठा एकाकी तपस्या में लीन का संक्षोभ, संक्षोभ का विषय भूतवर्ग हुआ। यह योग क्रियात्मक शक्ति के आधार पर बढ़ने लगा। लयावस्था में विक्षोभ की शान्ति के साथ हिरण्यगर्भ की सङ्कल्प, इच्छा के उपरम से स्वरूपावस्थान होता है। अतः अज, हिरण्यगर्भ यह सृष्टि क्रम और हिरण्यगर्भ, अज यहाँ लय-क्रम है।

शक्तियाँ गतिहीन एवं अव्यवहार्य हो जाती है। सविता की उत्पत्ति इसीसे होती है, जो जगत् का प्राण है। गुणों की ज्योतिर्मय स्थिति में यह वरणीय भर्ग है। इसी विषय को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि—

आदित्यान्तर्गतं यच्च ज्योतिषां ज्योतिरुत्तमम्
हृदये सर्वभूतानां जीवभूतः स तिष्ठति।
हृद्याकाशे च यो जीवः साधकैरुपवर्ण्यते
हृदये सर्वभूतानां जीवभूतः स तिष्ठति।

अर्थात् आदित्य के अन्तर्गत प्रकाश की उत्तम ज्योति है, वह सभी प्राणियों के हृदय देश में जीव रूप से अवस्थित है। परम व्योम में अवस्थित ज्योति ही हृद् व्योम में भी अवस्थित है। अतः आदि प्रवर्तक योग का हृद् ज्योतिः स्वरूप पुरुषोत्तम को मानना भी उचित है।

अद्वैतवेदान्त और हिरण्यगर्भ:—

चेतन का उपाधि जडसमुदाय है। जडव्यष्टि का उपाधि युक्त चेतन जीव कहा जाता है। जडसमष्टि उपाधि से युक्त चेतन ईश्वर है। चेतन की उपाधि स्वरूप जडवर्ग तत् तत् काल में सम्पादित [illegible] के भेद से स्थूल, सूक्ष्म और अव्याकृत के भेद से तीन प्रकार का है। पञ्चीकृत[1] अर्थात् पृथिवी, जल, तेज वायु और आकाश संवलित दृश्यमान भूतात्मक स्थूल जगत् है। इस स्थूल का कारणी भूत पञ्चीकरण प्रक्रिया से रहित भूत समुदाय सूक्ष्म है। इन सूक्ष्मभूतों का कारणमूल अज्ञान अव्याकृत है। उपाधियों के प्रदर्शित तीन भेदों के आधार पर जीव भी तीन प्रकार का है; जैसे–स्थूल व्यष्टि उपाधि युक्त जीव विश्व, सूक्ष्म व्यष्टि उपाधि युक्त जीव तैजस, अव्याकृत व्यष्टि उपाधि संवलित जीव प्राज्ञ।

---

१. पञ्चीकरण प्रक्रिया :—

पाँच तत्त्वों में एक एक को द्विधा विभाग कर आधे को बराबर चार भागों में बाँट कर प्रत्येक आधे भाग में शेष चार भूत पदार्थों का एक भाग सन्निहित करें। जैसे पृथिवी तत्त्व का दो भाग हुआ, इसमें आधे भाग को चार भाग में विभाग कर चार भागों को जल आदि के आधे भागों में पृथक् पृथक् रूप से मिलाना होगा। इसी प्रकार सभी भूत पदार्थों के भाग को मिलाकर पञ्चीकरण होता है। आधा भाग जिस भूत पदार्थ का रहता है, वह उस नाम से अभिहित होता है—पृथिवी का आधा भाग रहने पर तथा चार भाग अन्य भूत पदार्थों का रहने पर पृथिवी द्रव्य कहा जाता है।

द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात्पञ्च उच्यते॥ (वेदान्तसा० पृ० २२)

का यास्क ने प्राण अर्थ किया है। बुध्न यह प्रकाश एवं जागने अर्थ को लेकर ऋग्वेद से आजतक प्रयुक्त होता आया है। इसका मूल बुध् धातु ही है। यह बोध अव्यक्त से व्यक्त का ज्ञान और अन्धकार से ज्योति में आगमन है। गीता में 'विवस्वते योगं' यह शब्द प्रयुक्त है। वसु का अर्थ आलोक होता है और इसी वस् से विवस्वते, वासर, उषस्, उस्रा निष्पन्न होता है। ये सभी ज्योतिर्मय हैं। ऋग्वेद में अनेक मन्त्रों के द्वारा आदित्यगण के लिए वसु शब्द का प्रयोग मिलता है[1]। यह परम्परा वहीं समाप्त नहीं हो जाती वरन् आगे भी चलती है इसी लिए निरुक्त में वसवो यद् विवसते सर्वं··· वसवो आदित्य रसमयः विवासनात्[2]।

ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के ऋषि वसिष्ठ माने गये हैं जिसका अर्थ ज्योतिष्मत्तम होता है। फारसी में वहिश्त, अवेस्ता में वहिश्त = स्वर्ग वहिश्ता = परम पुरुष का बोधक है। इस तरह परम देवता की प्राचीन संज्ञा विवस्वान् है जिसका प्रतीक सूर्य है[3] विवस्वान् की उपासना से मनुष्य भी विवस्वान् हो जाता है। सभी देव ज्योति के मूल में विवस्वान् को परम ज्योति माना गया है। अग्नि का विवस्वान् के दूत के रूप में निर्देश मिलता है। अतः अप् भी तेज का प्रतीक है। इस तरह आर्य हृदय की ज्योति के प्रति जो प्रेरणा है वही प्रेरणा हिरण्यगर्भ था, इसी दृष्टि में विवस्वान् को योग का प्रवर्तक मान कर यही सिद्ध किया है। अतः किसी भी स्थिति में चलें तो योग के प्रथम प्रवर्तक ब्रह्म या नारायण को ही मानना पड़ेगा। जैसा कि गीता में कहा गया है। यही कारण है कि याज्ञवल्क्य ज्ञान योग की शिक्षा सूर्य के द्वारा ग्रहण करते हैं। वसुदेव, वासुदेव का ज्ञान जब तक नहीं होता है तब तक योग विभूति का परिचय सर्वथा असम्भव है। इस प्रकार वासुदेव विवस्वान् के द्वारा योग का प्रवर्तन सर्वथा समुचित है। 'इदं तु विश्वं भगवानिवेतरो' यह भागवत का कथन भी विश्व और विवस्वान् वासुदेव की एकता का परिचायक है। अतः वासुदेव ही सभी दृष्टियों से योगे के प्रवर्तक है। यही कारण है कि इनको योगेश्वर कहा जाता है।

पूर्वोक्त विश्लेषण से यह सिद्ध है कि विवस्वान् के आदि राजा होने पर भी मेरे अन्तराल में एक संविद् रूप शक्ति है, जो विश्व का मूल उत्स एवं ज्योतिर्मय है। इसकी अन्य संज्ञा पुरुषोत्तम है। उसके अभाव में मेरी सभी

---

१. (ऋग्वेद ८।४०।५ ७।५२।१) ८।१८।१५
२. विवस्वान् १२।४१
३. ऋग्वेद १०।३९।१३

अदिति को सबके रूप में इस मन्त्र से कहा गया है। अदिति को पञ्चजन अर्थात् देव, पितर, असुर, गन्धर्व और राक्षस तथा उत्पन्न वर्तमान एवं उत्पद्यमान सभी अदिति है। 'अदितिः सर्वम्' इस कथन से भी अदिति का सार्वभौम स्वरूप वर्णित किया गया है। इसी अखण्ड ज्योतिः स्वरूप अदिति से आदित्यादि देवगण उत्पन्न हुए हैं। अतः प्रकाशात्मिका देदीप्यमाना अदिति से आदित्य है, जो स्वपरप्रकाश का सामर्थ्य रखता है। देवता की किसी भी विभूति को अपनायें, सभी अदिति के पुत्र होने से ज्योतिः स्वरूप है। अखण्ड अदिति जो सार्वभौम है उसी का पुत्र आदित्य है, अतः विवस्वान् की अज, अखण्ड के बाद स्थिति स्वाभाविक ही है। पूर्व विश्लेषण से स्पष्ट है विवस्वान् वासुदेव की ज्योतिः ही सर्वत्र अनुस्यूत है। हृदयाकाश में सहस्र सूर्यकोटि प्रतीकाश ज्योतिर्मय मण्डल है, जिसका अनुभव साधक योगी योगक्रिया के द्वारा करते हैं—वही विवस्वान् या सविता है। उनके प्रकाश से भूर्भुवः आदि लोक प्रकाशित होते हैं। इस सवितृमण्डल के मध्य में 'ज्योतिषां ज्योतिः' श्रीनारायण है। गोलोकपति पुरुषोत्तम वासुदेव साक्षात् ज्ञान स्वरूप निर्विकार कूटस्थ स्वरूप हैं, उनके द्वारा प्रकाशित शक्तिच्छटा विश्व को उद्भासित करती है। इसी की प्राण या सूर्य संज्ञा है प्रथमोत्पन्न प्रकाश होने से अखण्ड अदिति के बाद वह आदित्य या विवस्वान् [illegible] है। विराट् विश्वभुवन की उत्पत्ति इसीसे होती है। ज्ञानधारा के सञ्चरण क्रम में आदित्य पुनः मन जो 'मनुते' के कारण मनु कहा जाता है, वह प्राण से उत्पन्न होता है। 'मनोनाथः मारुतः' मनका अधिपति प्राण हुआ।

यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्।
महद्भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते॥

दृश्यमान सभी जागतिक पदार्थ ब्रह्म सत्तारूप प्राणशक्ति में स्पन्दित हो रहे हैं, यह ब्रह्माण्ड उसी से निःसृत है।

यह कहा जा सकता है कि मन ही सङ्कल्प रूप में सभी कार्यों का कर्ता है:—

मनः करोति पापानि मनो लिप्येत पातकैः।
मनश्च तन्मनो भूत्वा न पुण्यैर्न च पातकैः॥

आध्यात्मिक दृष्टि से वासुदेव अर्थात् अखण्ड ज्योति का सामान्य विवेचन प्रस्तुत किया जा [illegible] है। सर्वव्यापी अखण्ड ज्योति वासुदेव मन्त्रमूर्ति अमूर्तिक योगैकगम्य मन्त्र चैतन्यात्मक रूप में वह अन्तः श्वास-प्रश्वास के रूप में सदा अनुभूत होता है—"निःश्वासश्वासरूपेण मन्त्रोऽयं वर्तते

इसीप्रकार स्थूल समष्टि उपाधियुक्त ईश्वर विराट्, सूक्ष्म समष्टि उपाधियुक्त ईश्वर हिरण्यगर्भ, अव्याकृत समष्टि उपाधियुक्त ईश्वर ईश है। इस प्रकार हिरण्यगर्भ सूक्ष्म भूत उपाधियुक्त होने के कारण स्थूल का ही कारण हो सकता है, अव्याकृत का कारण वह नहीं हो सकता है। अतः हिरण्यगर्भ की पूर्व भूमि योग की प्रथम भूमि है।[1]

आँख, कान, नासिका, जिह्वा, त्वक् इन पाँच ज्ञानेन्द्रियों का क्रमशः ज्ञानशक्ति प्रधान देवता आदित्य, दिशा अश्विन्, वरुण, वायु है, वाक् पाणि, पाद, पायु, उपस्थ इन पाँच कर्मेन्द्रियों के क्रियाशक्ति प्रधान अग्नि, इन्द्र, विष्णु, मित्र, प्रजापति देवता है। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द ये पाँच विषय है, ज्ञानशक्ति प्रधान अन्तः करण और क्रियाशक्ति प्रधान प्राण है। इन सत्तरह तत्त्वों का समुदाय लिङ्ग शरीर है, ज्ञान शक्ति की प्रधानता से हिरण्यगर्भ और क्रियाशक्ति की प्रधानता से सूत्र कहा जाता है। हिरण्य के समान प्रकाशजनक होने के कारण वह हिरण्यगर्भ है। इन समष्टियों का अभिमानी जीव भी हिरण्यगर्भ कहा जाता है। अतः इस वेदान्त दृष्टि से योग का द्वितीय हिरण्यगर्भ रूपसे प्रवर्तक जीव ही है, और प्रथम नारायण है हिरण्यगर्भ और सूत्र, संकल्प और क्रिया से युक्त जीव है।[2]

इस पूर्वोक्त विश्लेषण के आधार वासुदेव और हिरण्यगर्भ नारायण और जीवपरक होने से प्रवर्तक के विषय का मतभेद समन्वित हो जाता है।

कठोपनिषद् में भी इस विषय का स्पष्ट शब्दों में उल्लेख मिलता है:— "प्राणो ह्येषः सर्वभूतैर्विभाति" (कठोप०) आगे यह भी लिखा है कि "या प्राणेन सम्भवति अदितिर्देवानाम्" (कठोप०) अदिति अखण्डना अबन्धवा आद्या शक्ति है। यह विश्व में सर्वत्र एकरूप से अनुस्यूत है। दो अवखण्डने अर्थात् खण्डनार्थक दो धातु से दिति शब्द सिद्ध होता है, निषेधार्थक नञ् से दिति का समास होने से अदिति शब्द निष्पन्न होता है। अतः अखण्ड स्वरूप होने से वह सार्वभौम रूप होगी, इसी की अभिव्यक्ति इस मन्त्र से होती है:—

अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता सपुत्रः।
विश्वे देवा अदितिः पञ्चजना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ॥

(ऋ० वे० १।८९।१०)

---

१. द्रष्टव्य—सिद्धान्त वि० श्लोक—८

२. अयममूर्तः पदार्थः कार्यत्वाद्व्यष्टौ समष्टौ च जीवोपाधिरेव (सि० वि० पृ० ६६)

गृहीत्वा क्रोधमविद्यात्मानं शत्रुं जहीति शिवम्[1]"। अर्थात् परिपूर्ण अखण्ड है इसका खण्डन न होने से क्रोध आदि उत्पन्न नहीं होते हैं, परम अहङ्कार, परम उत्साह संविद् (अन्तः प्रकाशरूप) को ग्रहण कर अविद्यात्मक क्रोध पर विजय प्राप्त करे।

योग प्रक्रिया :—

यह ज्ञातव्य है कि शरीर ब्रह्माण्ड का शुद्ध आयतन है—

देहेऽस्मिन् वर्तते मेरुः सप्तद्वीपसमन्वितः।
सरितः सागराः शैलाः क्षेत्राणि क्षेत्रपालकाः।
त्रैलोक्ये यानि भूतानि तानि सर्वाणि मे मतः॥

इस शरीर का मूल सहस्रार है जो विष्णु का परम पद है।

जिसका चित्त प्राण ब्रह्मरन्ध्र सहस्रदल कमल में लीन हो जाता है, वह अपनी इच्छा के अनुसार अणिमादि ऐश्वर्यों की प्राप्ति में समर्थ होता है :—

अस्मिन् लीनं मनो यस्य स योगी मयि लीयते।
अणिमादिगुणान् भुक्त्वा स्वेच्छया पुरुषोत्तमः॥

इस परम पद से इडा, पिङ्गला, सुषुम्णा प्रवाहित होती है। उस परम व्योम में संविद् रूप ज्योतिः पुञ्ज का स्वयं प्रकाश प्राप्त होता है।

इस योग की क्रिया का संक्षेप में संकेत इस प्रकार किया जा सकता है—

संसार के समत्व की भावना से लोककल्याण की एषणा योग का परम प्रयोजन है।

आध्यात्मिक दृष्टि से तत्त्वों का विश्लेषण करने के लिए योग की अवतारणा की जाती है बुद्धि में प्रतिबिम्बित आत्मतत्त्व का साक्षात्कार ही नित्य शान्ति है। इसीलिए, योग और समत्व अपर पर्याय है, जब तक सकल प्राणियों के साथ समत्वभाव प्राप्त कर तदनुरूप आचरण में प्रवृत्ति नहीं हो जाती है तब तक यह निष्फल है, क्योंकि समष्टि के साथ समत्व ही योग है। स्वार्थ और कारुण्य इन दो मूल आचारों को ग्रहण कर ही प्रवृत्ति होती है। प्राणिमात्र में चेतन की अनुस्यूतता मानने पर किसी की भी हानि स्वार्थ की हानि होगी। मानव एक अङ्गी है, अतः किसी भी अङ्ग भूत की क्षति विराट् की हानि होने से सतत सकल प्राणियों के प्रति कारुण्यमूलक प्रवृत्ति होती है। 'चेतनश्चेतनानाम्' इत्यादि श्रुतियाँ समत्व के मनन की श्रुति है।

---

१. गीता० टी० पृ० १८१

प्रिये"। यदि सम्पूर्ण शरीर योग के द्वारा सभी प्राणशक्ति अर्थात् प्राण वायु का सञ्चरण हो सके तो शारीरिक भूत शुद्धि हो जाती है। भूतशुद्धि मन्त्र का चैतन्य और कूटस्थ इच्छा मात्र से बिन्दु रूप में अन्तः प्रविष्ट होता है, यह योगज गर्भाधान क्रिया है। पुनः वही वायु महत्तेजो रूप होकर आविर्भूत होता है, ऊँकार ध्वनि रूप नाद होता रहता है, जो आहत के विना ही होता है, इसीसे परे बिन्दु है। यह बिन्दु भी भ्रू के मध्य में दृष्टि को स्थिर कर आँखों से ही देखा जाता है। बिन्दु की स्थिरता सामरस्य है। भ्रूमध्य में देदीप्यमान कूटस्थ ज्योति ही प्रज्वलित है और वह कूटस्थ रूप में हृदयस्थ है।

तेजोबिन्दुः परं ध्यानं विश्यातीतं हृदि स्थितम् ॥

इस तरह प्राण जागतिक पदार्थ को स्पन्दित करता है और उस प्राण का स्पन्दन अखण्ड वासुदेव से होता है। "यदिदं किञ्च जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम्" वस्तु का ध्वंस अणु मात्र में परिणत होना है और वही अदिति या बिन्दु है। मनकी एकाग्रस्थिति में षडैश्वर्य सम्पत्ति प्राप्त होती है। फलस्वरूप जन्म, मृत्यु, सुख, दुःख, क्षुधा, तृषा आदि छः विकारों का लोप होता है। यह वही योग की स्थिति है जहाँ अनेक दीप्तियाँ आती है। मन इनको देखता है और मन के अभिप्राय की अभिव्यक्ति इन्द्रियादि निरपेक्ष होकर होती है— अतः यही मन मनु है जो धर्म संस्थापन के लिए पुनः पुनः आता है। इस अवस्था में दीप्ति के प्रकर्ष से ज्योतिः पुञ्ज ही राजा के द्वारा अभिहित होता है, राजृ दीप्तौ से राजा निष्पन्न है अतः मनु विवस्वान् के अनन्तर तृतीय योग क्रिया के द्वारा धर्म संस्थापक है।

मन जबतक बाह्य दृष्टि से युक्त रहता है तक तक वह विषय के उपभोग में लगा रहता है, और साधनशील होकर हृदय में प्रवेश कर उसकी अन्तर्दीप्ति का प्रकाशक होता है, मन की अन्तर्दृष्टि का प्रकाश ही इक्ष्वाकु है, इक्ष्वाकु की उत्पत्ति मन से होती है। यह मन की प्रज्ञाचक्षु की अवस्था है। इष्-धातु से इषेः क्सुः (उ० ३।१५७) सूत्र में इक्षुमाकरोति या इक्षुभवति गच्छति बाहुलकादुण् प्रत्यय करके इक्ष्वाकु शब्द निष्पन्न है। अतः, भूतपति हिरण्यगर्भ के बाद गतिशील सूर्यवंश की परम्परा में इक्ष्वाकुवंश ज्ञान, इच्छा और क्रिया की अवस्था है।

इस प्रकार हिरण्वगर्भ की स्थिति समष्टिकारण शरीर और महत्तत्त्व की स्थिति में है। इससे पूर्व योग की अनेक सोपान परम्परायें है। इसी अर्थ को रहस्यात्मक रूप में अभिव्यक्त करते हुए अभिनवगुप्त ने कहा है :—"परिपूर्णस्य आकाङ्क्षाभावात् क्रोधादय उत्पद्यन्ते, अतः परमहङ्कारं परमोत्साहं संविदात्मकं

बाह्य अवरोध के समान दुःखावह नहीं होता है। क्योंकि यह उसकी सहज आयास शून्य अवरोध की स्थिति है, स्वरूप स्थिति या आत्माराम की अवस्था होने से वह भूमा सुख अर्थात् परमानन्द सन्दोह से सन्तृप्त रहता है। यह सत्य है कि स्वतः प्रकाश स्वरूप आज्ञाचक्र में ही आविर्भूत हो जाता है, इस चित् की ज्योति के स्फुरण होने से प्राण के सहज रूप की स्थिरता आ जाती है। प्राण की स्थिरता के साथ ही मन विक्षेप शून्य हो जाता है—यह मन की निर्मलावस्था है। इसमें रजो गुण की प्रशान्ति और सत्त्वगुण का उद्रेक रहता है।

प्रशान्तमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम्।
उपैति शान्तरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥

मधुसूदन की अद्वैत भावनात्मक रस स्वरूपता जो मन की भगवदाकारता सम्पत्ति कही गई है, योग की दृष्टि में वह चिदाकारता है, मन की स्थिरता है। अनन्तर योगी प्रत्याहार के द्वारा मन को वशीभूत करने की दिशा में प्रयत्नशील होता है और रजोगुण से अभिभूत हो जाने से ब्रह्मसायुज्य-सुख का अनुभव करता है। यही योग का परम फल है। योगी की उत्तम समाधि सुख स्थिरता या शब्दान्त ब्रह्मभाव की प्राप्ति है। भागवत वर्णित योगेश्वर भगवान् का यही अवरुद्धरूप है। यह वही अवस्था है जिसमें देह के कालकृत परिणाम के अवरोध होने से जन्म मृत्यु का खेल प्रशान्त हो जाता है। ईश्वर सायुज्य अर्थात् अणिमा आदि अष्टसिद्धियों के साथ ऐश्वर्य सम्पत्ति है।

शरीरस्थ चन्द्र और उनका स्थानः—

परवैराग्य पद की प्राप्ति से मानव निर्विकल्प समाधि सम्पत्ति से अचल हो जाता है, यह अन्य शब्दों में कैवल्यावस्था है। शरीर में ६ विशिष्ट केन्द्र के रूप में पद्माकार अवस्थित है। सुषुम्णा नाड़ी इन केन्द्र भूत स्थानों का भेदन कर आगे बढ़ती है। यही चक्र या पद्म है। सम्पूर्ण शरीर बाह्यवस्तु के अन्तःस्थ तत्त्व से परिपूर्ण है। अन्तःस्थ वस्तु का ही बाह्य संघटन है। जैसा प्राणशक्ति का अन्तःस्थ में सञ्चरण होगा वैसा ही इस ब्रह्माण्डकोश में वृत्ति का सञ्चरण होता है। अतः शरीरस्थ तत्त्वों के द्वारा प्राण और मन को एकाग्र करने से समस्त फल को देनेवाले योग की सफलता होती है। गुह्य द्वार के ऊपर चार दलों से युक्त पद्म है—वही मूलाधार है, यहीं से प्राण वायु का सञ्चरण करना है। लिङ्ग मूल के पीछे मेरुदण्ड में षड्दल युक्त एक पद्म है—यही स्वाधिष्ठान चक्र या पद्म है। नाभि के पीछे मेरुदण्ड में ही दशदलों से विशिष्ट चक्र या पद्म है—यह मणिपूर है। मेरुदण्ड में स्थित हृदय के पीछे द्वादशदल चक्र या पद्म है—यह अनाहत चक्र है। कण्ठमूल के पीछे मेरुदण्ड में षोडश

योगी उस विराट् को अवगत करने के लिए मनको आत्मस्थ करते हैं। दूसरे शब्दों में यह आत्मरमण है, कबीर ने भी इसी आशय से कहा है—"सबके घट में हरी विराजे ज्यो गिरिसुत में ज्योति" प्रत्येक कण-कण में ज्योति और प्रकाश के समान ही प्रत्येक प्राणी में हरि विराजमान हैं। अब प्रश्न है उनके अन्वेषण का ? कैसे कहाँ खोजा जाय ? शरीर के किस स्थान में उसकी उपलब्धि किस साधना विशेष में होती है, मस्तिष्क के ब्रह्मरन्ध्र में चैतन्य का विशिष्ट प्रकाश विद्यमान रहता है। इससे अनुरञ्जित प्राणशक्ति अपने प्रवाह से सहस्रों नाड़ियों के साथ-साथ सम्पूर्ण शरीर को सचेतन कर देता है। विद्युत् शक्ति-प्रवाह की प्रधान धारा (Main current) के समान प्राण शक्ति का प्रधान प्रवाह मेरुदण्ड के मध्य में अवस्थित है। प्राणशक्ति का मूल आधार सुषुम्णा है, सुषुम्णा से ही इडा और पिङ्गला में वह प्रवाहित होती है। प्राण का इन दो नाड़ियों से प्रवाह होने पर सुषुम्णा का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। सुषुम्णा नाडी मेरुदण्ड के मध्य गुह्यदेश से मस्तिष्क तक विद्यमान है। इडा मूलाधार में स्थित सुषुम्णा के मुख के वामभाग में और पिङ्गला दक्षिण भाग में कुछ उठकर दोनों भ्रुवों के मध्य आज्ञाचक्र में सुषुम्णा से मिल जाती है। इन्हीं दो नाडियों के माध्यम से ज्ञान का प्राण प्रवाह के साथ सम्पूर्ण शरीर में प्रवाह होता है। अहं के साथ शरीर का तादात्म्य मन की वृत्ति का बाह्य प्रवाह एवं संसार लीला के अभिनव की प्रवहमान अवस्था में ही होता है, प्राण-प्रवाह के सुषुम्णा की ओर अग्रसर होने पर दिव्य ज्ञान लौट आता है। प्राण को मेरुदण्ड के मध्य सुषुम्णा में प्रवेश के लिए योगिगण सचेष्ट रहते हैं, यही योगाभ्यास है। इडा और पिङ्गला में गर्भस्थ शिशु का प्राण-प्रवाहित नहीं होता सुषुम्णा उन्मुक्त रहती है। किन्तु भूमि के साथ सम्बन्ध होते ही प्राण धारा इडा और पिङ्गला नाड़ियों में पड़ती है, इन दो नाड़ियों में प्राण वायु का सञ्चरण होते ही सुषुम्णा अवरुद्ध हो जाती है। योगी रामप्रसाद ने इसी की सूचना इन शब्दों में दी है:—

गर्भे जखन जोगी तखन, भूमे पड़े खेलाम माटी।

गर्भ में योगी था किन्तु पृथ्वी पर आते ही दुःखी हो गया। यम, नियम, आसन, प्राणायाम और मुद्रा आदि में अभ्यास के द्वारा योगज शक्ति से मनुष्य सुषुम्णा में प्राणशक्ति के सञ्चार की चेष्टा करता है, प्राण के साथ मन योग के द्वारा सुषुम्णा का भेदन कर ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश करता है। प्राण की चञ्चलता का क्रमिक विनाश होकर स्थिरता की प्राप्ति सुषुम्णा में प्रवेश करने से ही होने लगती है और जब वह सुषुम्णा का भेदनकर ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश करता है तब वह अवरुद्ध हो जाता है किन्तु यह अवरोध श्वास-प्रश्वास के

है "नासीद् रजो नो व्योमा परो यत्" (ऋ० १०।१२९।१) जो भी सत् है उसकी रज में स्थिति है, उससे परे व्योम या असत् है किन्तु आदि अव्याकृत को सत् या असत् [illegible] भी नहीं कहा जा सकता है क्योंकि स्थिर तत्त्व में रज का प्रवेश नहीं है, अन्यथा स्वरूप में अवस्थिति नहीं रहेगी। इसी लिए कहा गया है—'ज्येष्ठासो न पर्वतासो व्योमनि' (ऋ० ५।८७।९) सप्त चक्र [illegible] प्रसङ्ग में 'त्रिरस्मै सप्त धेनवो दुदुहे सत्यम् आशिरः पूर्व्य व्योमनि' (९।८।१) सात धेनु ऊर्ध्वस्रोता प्राण का सात स्थान है। 'भगो न मेने परमे व्योमन् अधारयद् रोदसी सुदंसाः' (ऋ० ६।८।७) रोदसी का द्यौ एवं पृथिवी (ऋ० १।१८४।४१) है, भग आदित्य है, पुरुषमेध योग यज्ञ में यह अजन्मा नारायण है (१३।६।१)। इनकी दो पत्नियाँ हैं पौराणिक दृष्टि से श्री और लक्ष्मी और अध्यात्मदृष्टि से चित् और आनन्द तथा तन्त्र की दृष्टि से नील सरस्वती और तारा, नारायण का नाभि अप् में वास, इसकी तुलना करे—सप्तशती के मध्यम चरित्र में देवी के आविर्भाव से। 'अप्सरा जारम् उपसिष्मिया योषा विभर्ति परमे व्योमन्' (१०।१२३।५)। सूर्य या सोमचित् आनन्द योषा या उषा वाक् या अप् यही सृष्टि का नाभि स्थान है वाक् सहस्राक्षरा अर्थात् सहस्रदल कमल योग की भाषा में है। 'असच्च सच्च परमे व्योमन् दक्षस्य जन्मन अदितेरुपस्थे' (ऋ० १०।५।६)। अदिति अनन्त चेतना, दक्ष प्रज्ञावीर्य है। अनुलोम और विलोम क्रम में एक [illegible] दूसरे का जन्म है। इस प्रकार अध्यात्म दृष्टि से परम व्योम चेतना की उत्तुङ्गतम भूमि है जिसे योग क्रिया में सहस्रार कहा गया है वेद [illegible] परम व्योम चेतना [illegible] स्फुरण ॐ के साथ सायुज्य वर्णित है। इस प्रकार उस विष्णु के व्यापक परम व्योम पद को प्राप्तकर जीवन कृतकृत्य होता है। योग में स्पष्ट लिखा है कि अविद्या संस्कार द्वारा प्रकाशशक्ति आवृत है प्राणायाम के द्वारा प्रकाशावरण दूर होता है। आवरण क्षीण होने से सर्वथा समता की भावना परिव्याप्त हो जाती है। प्राण स्थिर हो जाता है। प्राण की अन्तःशक्ति का विकास जगदाकार व परिणति है। इसी को तन्त्र की दृष्टि से शिव शक्ति सामरस्य योग दृष्टि से समत्व भावना कहा है। चराचर विश्व के विकास की भूमि 'लोकोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता' की स्थिति या आत्मानुग्रह के अभाव में लोकानुग्रह मूलक प्रवृत्ति का आरम्भ है। जिसे दूसरे शब्दों में निवृत्तिमार्ग कहा गया है।

पूर्व विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि दीप्ति [illegible] अन्तः [illegible] ही संवित् है। शैव-दृष्टि के परिप्रेक्ष्य में योगविशारद के सिद्धान्तानुसार जीव और आत्मा का ऐक्य संवित् का साधन ही योग है। जीव और आत्मा के अभेद से उत्पन्न ज्ञान ही योग है। इस सिद्धान्त को स्पष्ट करते हुए शिवसूत्रवृत्ति में कहा गया है कि आत्मा के विमर्श से सात्त्विक ज्ञान उत्पन्न होता है शिवस्वरूप को प्राप्त कर इन्द्रियों के साथ अन्तःकरण का लय होता है। आनन्द भैरव मे भी कहा है कि प्राणादि-

दलों से युक्त चक्र या पद्म है—यह विशुद्ध पद्म है। दोनों भौओं के मध्य में दो दलों वाला पद्म है—यह आज्ञाचक्र या पद्म है। इसके ऊपर मस्तिष्क देश में हजार दलों से युक्त कमल है—यह परब्रह्म या सद्गुरु अर्थात् जिसे योग-शास्त्र में काल से परिच्छिन्न न होने के कारण सभी का गुरु माना गया है। "पूर्वेषामपि गुरुः, कालेनानवच्छेदात्" (यो. सू. १।२६)। सुषुम्णा नाड़ी को इन छः पद्मों का भेदन कर सहस्रार पद्म में जाना है।

सूक्ष्मतम नाड़ी जो सुषुम्णा में ही स्थित है—वह ब्रह्म नाड़ी है, इसी ब्रह्म नाड़ी में प्राण की स्थिति जीव के अज्ञान की नाशिका है। इसी स्थिति को गुरु स्थानीय प्राण की स्थिति अर्थात् गुरु स्थान में प्राण के सञ्चरण का प्रतीक है—

अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥

इसी को परम्परा प्राप्त पद्य से कहा गया है। सुषुम्णा के अन्तः स्थित इस ब्रह्म नाडी को भी योग में सुषुम्णा ही कहा जाता है। इस पूर्वोक्त ब्रह्म नाडी के अन्तर्गत चित्रा और बज्रा नाडियाँ है। स्वाधिष्ठान से बज्रा और मणिपूर से चित्रा उठती है। योगजशक्ति से इनका स्पन्दन सम्भव है। यह कहा गया है कि सप्त लोक की जो बाह्य स्थित वर्णित है, वे अन्तः सप्त पद्म ही है। और गायत्री की सप्त व्याहृतियाँ जो शब्दात्मिका हैं, वे भी उच्चारण क्रम में जप के द्वारा नाद के द्वारा प्राण वायु में स्पन्दन करती हैं। अतः अन्तःस्थ सप्त चक्रों के समान बाह्य सप्त लोकों में इनका प्रसार है। योग क्रियाओं के द्वारा प्रदर्शित सप्त स्थानों में प्राण को आहरण कर ऊर्ध्व दिशा में अवस्थित करने पर योग की दृष्टि से असम्प्रज्ञात या ब्राह्मी स्थिति होती है। यही वह अन्तःस्थ स्थान है जो विष्णु का परम पद है, 'तद्विष्णो परमं पदम्' के द्वारा इसी [illegible] का निर्देश किया गया है।

वेद में इस स्थान के लिए व्योमन् शब्द का प्रयोग किया गया है। आकाश की दो संज्ञा है दिव् और व्योमन्। प्रथम में द्योतना या दीप्ति का सङ्केत है और द्वितीय शब्द में शुद्धता अण्डता और उच्चता का सङ्केत है। अखण्डनार्थक अदिति का आध्यात्मिक स्थान आकाश द्यौ ही है। वि + ओमन् अव् धातु का उन्नीस अर्थ कहा गया है, इनमें प्रसाद, परिचरण अर्थात् आनन्द, स्पन्दन एवं संवरण इन तीन अर्थों को लेकर इस धातु से सिद्ध व्योमन् शब्द का प्रयोग मिलता है। व्योमन् निपातन से सिद्ध है। व्येञ् संवरणे से निष्पन्न ॐ के साथ इसका सम्पर्क सुस्पष्ट है। यही कारण है महामहोपाध्याय डॉ०बागची महोदय ने व्योम और ॐ दोनों की निष्पत्ति अव से मानी है। ॐ को गौरी या एकपदी वाक् माना है जो परम व्योमन् में सहस्राक्षर है। इसी प्रकार आधिदैवत अध्यात्म दोनों दृष्टि से वाक् या ॐ उसका अनवरत परिस्पन्द है "यावद् ब्रह्म तिष्ठेत् तावती वाक्" (ऋ. १०।१।४।८) यही कारण है कि उस अव्यक्त अव्याकृत अवस्था को न सत्, न असत् कुछ भी नहीं कहा जाता

दूसरे की तृणादि के समान तुच्छ वस्तुओं का भी ग्रहण न करना अस्तेय है। कर्म, मन और वाणी से सभी अवस्थाओं में स्त्री की सङ्गति का परित्याग ही ब्रह्मचर्य है। किसी के दुःख को देखकर अपना समझ कर उसको हटाने की चिन्ता करना ही दया है। मन, वाणी और क्रिया से सभी व्यवहारों में सभी के साथ कुटिलता रहित होना ही आर्जव है। सभी रूपसे सदा सभी के साथ अर्थात् अपने साथ अपकार करने वालों के प्रति बन्धु के समान सम्यक् आचरण करना ही क्षमा है। ज्ञात विषयों में इच्छा प्रयत्न राहित्य लाभवान् रहना धृति है। भोज्य पदार्थ का स्वच्छ चित्त पूर्वक चतुर्थांश हित मेध्य भोजन ही मिताहार है। रोमकूप नवरन्ध्रों के द्वारा निर्गत मल का क्षालन ही शौच है।[1] मिट्टी और जल से बाह्य शुद्धि होती है, अन्दर भूत की शुद्धि के लिए पूर्वोक्त शौच की आवश्यकता है।

योग और दश नियमः—

इसी प्रकार शुद्धि के लिए तप, सन्तोष, आस्तिक्य, दान, देवपूजन, सिद्धान्त श्रवण, ह्री, मनन, जप और हवन इन दश नियमों की आवश्यकता है।

शास्त्र के द्वारा विहित कठोरव्रत का आचरण तपस्या है। अनेक विषयों में उत्तर की इच्छा न रखना सन्तोष है। परलोक है यह मानने वाला आस्तिक है और परलोक की प्राप्ति के अनुकूल धर्म आदि का आचरण आस्तिक्य है। अपनी शक्ति के अनुसार देवता, पितर और मनुष्यों के उद्देश्य से देना दान है। यथाशक्ति सन्तोषपूर्वक मोक्ष के साधन में प्रवृत्त व्यक्ति के द्वारा विघ्न को हटाने के लिए आराधना देव पूजन है। वेद में प्रदर्शित उपायों की दृष्टि से उपदेश प्रद शास्त्रों का श्रवण सिद्धान्त है। कुत्सित आचार से स्वयं उद्वेग होना ह्री है क्योंकि चित्त की मलिनता से ज्ञान का उदय नहीं होता है। वेदादि के द्वारा सुने गये विषयों का पुनः पुनः युक्तियों से अनुशीलन मनन है। चित्त की शुद्धि से ईश्वर की पुनःपुनः भावना या अनुचिन्तन जप है। अग्निहोत्र आदि शास्त्र विहित हवन होम है। मन्त्र आदि के जप करने पर दशांश हवन होम है। हवन के न करने पर प्रत्यवाय से चित्त की मलिनता के कारण चित्त की शुद्धि न होने से ज्ञान का उदय नहीं होगा।[2] ये नियम हैं, अतः इनका आचरण न करने पर प्रत्यवाय होता है, अवश्य कर्तव्य होने के कारण इनका आचरण आवश्यक है।

---

१. शा. ति. प० पृ० ५३९।

२. तपः सन्तोष आस्तिक्यं दानं देवस्य पूजनम्।
सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो हुतम्॥
नाजपात्सिद्धयते मन्त्रो नाहुतश्च फलप्रदः।
अनर्चितो 'हरेत्' कामान् तस्मात्त्रितयमाचरेत्॥

भावना एवं उनके द्रव्य सम्पत्तियों का परित्याग कर चित्तका अपने आत्मभाव अर्थात् स्वरूप से शिवरूप में सायुज्य ही योग है।

योग भूमि में छ शत्रुओं का नाशः—

स्वच्छन्द भैरव में भी इसी का समर्थन मिलता है प्राण, मन और अन्तःकरण के विनाश से समूल माया की निवृत्ति होने से शिवानन्द स्फुरण ही योग है। उत्तराम्नाय के अनुसार शिव और शक्ति का अभेदात्मक ज्ञान ही योग है। शक्ति को संवित्स्वरूप तथा परमानन्द रूपिणी माना है। सभी विश्लेषणों से आत्म-स्वरूप ज्ञान से सर्वत्र ज्ञान की भूमि पर समता का सञ्चरण ही योग है।[1]

अन्य दार्शनिक दृष्टि में भी आत्मस्वरूप के चिन्तन एवं संवित्प्रकाश से सर्व-संविद्रूपता के स्फुरण से स्त्री भोगाभिलाषा स्वरूप काम, प्राणियों के मारने की इच्छास्वरूप हिंसा, धनादि की तृष्णा रूप लाभ, तत्वाज्ञान रूप मोह, मैं सुखी हूँ, मैं धनिक हूँ इत्यादि गर्व स्वरूप मद, अन्य व्यक्तियों के कल्याण के प्रति द्वेष रूप मत्सर—ये दुःखप्रद होने से इन छ शत्रुओं का नाश हो जाता है। क्योंकि योग के यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि, इन आठ योग के साधनों से क्रमशः मैं किसी की हत्या न करूँ इस अभ्यास की प्रवणतारूप अहिंसा, असत्य नहीं कहूँ इस अभ्यास की प्रवणता चित्तता रूप सत्य, चोरी के व्यवहार से निवृत्ति रूप अस्तेय, स्त्री संभोगरूप इच्छा की निवृत्ति स्वरूप ब्रह्मचर्य, प्राणियों के प्रति क्रूर बुद्धि की निवृत्ति स्वरूप कृपा, चित्त की कुटिलता निवृत्तिरूप ऋजुता, अभिभावक के प्रति अक्रोध चित्तता रूप क्षमा, अभीष्ट वस्तु के अप्राप्ति से जो चिन्ता उसका अभावरूप धृति, क्रमशः भोजन को कम करने से शरीर धारण के लिए अनिवार्य रूप से अपेक्षित भोजनस्वरूप-मिताहार, चित्त की निर्मलता के लिए पूर्व कथित शौचशीलता रूप शौचरूप यम है इनमें धृति से सर्वत्र अनुषङ्ग का अभाव, अहिंसा और ब्रह्मचर्य से काम जय, कृपा और क्षमा से क्रोधजय, अस्तेय सत्य और ऋजुता से लोभ जय, मिताहार और शौच से मोह जय,[1] क्षमा और ऋजुता से मदजय, अहिंसा, कृपा, ऋजुता और क्षमा से मत्सर का जय होता है।

इस विश्लेषण से यह सिद्ध है कि सभी प्राणियों को वाणी, मन और शरीर से क्लेश न देना ही अहिंसा है। जिस रूप में देखा, अनुमित, सुना है उसको उसी रूप में कथन एवं चिन्तन, किन्तु वह वाक्य बाधक, भ्रान्त, अर्थ शून्य न हो। किन्तु 'इदं वाक्य' को सभी प्राणियों के लिए उपघातक न हो पर उपकार के लिए प्रयुक्त होने पर ही सत्य होगा अर्थात् विचार पूर्वक सर्वभूतहित के लिए कहना सत्य वाक्य बोलना अर्थात् सत्य है।[2]

---

१. शारदाति० पदार्थादर्श—पृ० ५३८।

२. व्यासभाष्य—पृ० २।३०

पूर्वोक्त प्राणायाम दो प्रकार का है। १ सगर्भ, २ अगर्भ। जप और ध्यान के साथ किया गया प्राणायाम सगर्भ है। यह सगर्भ प्राणायाम अतिशय फल देने वाला है एवं अगर्भ प्राणायाम सभी पापों का नाशक है। प्राणायाम उत्तम, मध्यम और अधम के भेद से तीन प्रकार का है। प्राणायाम का अभ्यास करने पर पसीना होना अधम प्राणायाम है। कम्पन से युक्त प्राणायाम मध्यम है। और भूमित्याग गुण की प्राप्ति उत्तम प्राणायाम है।

प्राणायामः—मन की स्थिति के लिए अभ्यन्तर वायु को नासिका रन्ध्रों से प्रयत्न-विशेषपूर्वक यमन रूप प्रच्छर्दन एवं प्राण का संयम रूप विधारण से मन में स्थिरता आती है। हठयोग आदि में निर्दिष्ट प्राणायाम से योगसूत्र में निर्दिष्ट प्राणायाम में अन्तर है। आसन जप से स्थिरता लाभ के बाद बाह्य वायु का आरम्भ में रेचन अन्दर की वायु का निःसारण इन दोनों गतियों का विच्छेद प्राणायाम है। आसन जय से शारीरिक स्थिरता आती है एवं मानसिक वृत्ति-शून्य के समान भावना का अनुभव होने पर प्राणायाम का अभ्यास विहित है। अस्थिर चित्त का प्राणायाम योगाङ्ग नहीं है।

"तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः। (यो॰ सू॰ २।४९)

प्राणायाम के लिए उपयुक्त स्थान, काल, मिताहार एवं नाडी-शुद्धि आवश्यक है[1]।

स्थानः—निरुपद्रव एवं प्राचीर वेष्टित कुटी प्राणायाम का स्थान है।

कालः—घेरण्ड संहिता के अनुसार वसन्त और शरत् प्राणायाम के आरम्भ का उचित काल है। इस मास में प्राणायाम का आरम्भ करना श्रेयस्कर है[2]।

अस्सी मात्रा पर्यन्त कुम्भक करना चाहिए या अस्सीवार बीजमन्त्र का जाप करता हुआ कुम्भक का अभ्यास करे।

अस्सीवार कुम्भक करने पर बीसवार पूरक एवं चालीसवार रेचक करना चाहिए, प्रातः मध्याह्न एवं सायंकाल एवं आधी रातमें प्राणायाम का विधान है। मिताहार, नाडीशुद्धि प्राणायाम के लिए आवश्यक है। मलयुक्त समस्त नाडी-चक्र की शुद्धि होने पर ही योगी प्राण का संयम करे।

समनु और निर्मनु के भेद से नाडीशुद्धि दो प्रकार की है। धौति आदि षट्कर्म से नाडीशुद्धि निर्मनु है, बीजमन्त्रजप के साथ प्राण संयम के द्वारा नाडीशुद्धि को समनु कहते हैं।

---

१. घे॰ सं॰ ५।२

२. वसन्ते शरदि प्रोक्तं योगारम्भं समाचरेत्।
तथा रोगी भवेत् सिद्धो रोगान्मुक्तो भवेद् ध्रुवम्॥ (घे॰ सं॰ ५।९)

योग और प्राणायाम आदि—

इसी प्रकार योगी के लिए आसन भी आवश्यक है। आसन के द्वारा रोग का विनाश होता है, प्राणायाम के द्वारा पातक का नाश होता है, प्रत्याहार के द्वारा मानस विकार का विनाश होता है, धारणाओं से मन में धैर्य्य आता है, ज्ञान से उत्तम ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और सभी शुभाशुभ कर्मों का परित्यागपूर्वक समाधि से मोक्ष की प्राप्ति होती है।[1] अनेक आसनों का शास्त्र में रोगों की निवृत्ति के लिए शास्त्र में निर्दिष्ट किया है, किन्तु योग में जप एवं समाधि के लिए प्रसिद्ध पाँच आसनों का अनुष्ठान आवश्यक है। वे प्रसिद्ध पाँच आसन निम्नलिखित है—पद्मासन, स्वस्तिकासन, वज्रासन, भद्रासन और वीरासन।

प्राणायाम :—बाहर सोलह मात्रा से वायु का इडा के द्वारा अन्दर आकर्षण है, अथवा बारह या सोलह बार प्राणायाम का आचरण करें। चौसठ मात्रा से पूरित वायु को धारण करे, बत्तीस मात्रा से सुषुम्णा नाडी के मध्य में धीरे-धीरे अवस्थित करे—यह कुम्भक है। पिङ्गला नाडी से पूरित वायु को छोड़ दे—यह रेचक है।

मात्रा :—जितने समय से अपना हाथ जांघ के नीचे आता है वह एक श्वास के समान एक मात्रा है। कतिपय आचार्यों ने जानु (जङ्घा के मध्य भाग) को तीन बार हाँथ से स्पर्श कर स्फोटन छोटी मात्रा है। अन्य लोगों की दृष्टि मे अङ्गुलि के आठ बार स्फोट बजाना के समान मात्रा है। वायवीय संहिता के अनुसार दोनों जानु भाग की न जल्दी और न देरी से परिक्रमा कर अङ्गुलि का स्फोटन मात्रा है।[2]

---

१. आसनेन रुजो हन्ति प्राणायामेन पातकम्।
विकारं मानसं योगी प्रत्याहारेण सर्वदा॥
धारणाभिर्मनो धैर्य्यं ज्ञानादैश्वर्य्यमुत्तमम्।
समाधौ मोक्षमाप्नोति त्यक्तकर्मशुभाशुभः॥
(व० सं०, शा० ति० पृ० ५४०)

२. कालेन यावता स्वीयो हस्तः स्वं जानुमण्डलम्।
पर्येति मात्रा सा तुल्या स्वयैकश्वाससमात्रया॥
अथवा
स्वजानुमण्डलं पूर्वं त्रिःपरामृश्य पाणिना।
प्रपद्य छोटिकामेकां मात्रा सा स्याल्लघीयसी॥
अथवा
जानुं प्रदक्षिणीकृत्य न द्रुतं न विलम्बितम्।
अङ्गुलिस्फोटनं कुर्यात् सा मात्रेति प्रकीर्त्तिता॥
(शा० ति० पदा० पृ० ४४१)

(३) वैश्वानरी धारणाः—तत्वस्थित इन्द्रगोप के समान शिव के अनेक तेजोमय प्रवाल के समान सुन्दर त्रिकोण अनल रुद्र से समन्वित है वहाँ प्राण को पाँच घड़ी तक लाकर चित्तान्वित धारण करे वह्नि के समान शरीर को धारण करती हुई यह वैश्वानरी धारणा कही जाती है।[1]

(४) वायु धारणाः—जगत्प्रपञ्च सहित जो मूल देखा गया है, भौंओं के मध्य में उसके समान सत्वमय यकार सहित जहाँ ईश्वर देवता है, पाँच घड़ी तक वहाँ चित्तसमन्वित प्राण को धारण करे, यह वायु की धारणा है, यह सदा नियत रूप से आकाश में गमन करती है[2]।

(५) नभोधारणाः—सुविशुद्ध जल सदृश आकाश जो ब्रह्मरन्ध्र में स्थित है जो उसके नाथ सदा शिव से सहित हकार अक्षर से युक्त है, वहाँ प्राण को लाकर चित्त के साथ समन्वित धारण करे यह मोक्ष कपाट को भेदन में पटु नभोधारणा कही जाती है।[3]

कर्मों की साधिकायें ये सभी पाँच धारणायें दुर्लभ हैं उनके जानने से योगी सभी पापों से मुक्त होता है।[4]

योगः—

पातञ्जल दर्शन में चित्तवृत्ति के निरोध को योग कहा है। यह योग सर्व श्रेष्ठ मानस बल है। चित्त का परिणाम वृत्ति है। और इस वृत्ति का निरोध समाधि या योग है, यह कहा गया है कि सांख्य के समान ज्ञान नहीं है और योग के समान बल नहीं है, वृत्ति का निरोध एक अभीष्ट विषय में चित्त को स्थिर करना है। अर्थात

१. तत्वस्थं शिवमिन्द्रगोपसदृशं तत्र त्रिकोणेऽनलं
तेजोऽनेकमयं प्रवालरुचिरं रुद्रेण तत्संगतम्।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा वह्निसमं वपुर्विदधती वैश्वनरी धारणा ॥

२. यन्मूलं च जगत्प्रपञ्चसहितं दृष्टम्भ्रुवोरन्तरे
तद्वत्सत्त्वमयं यकारसहित यन्त्रेश्वरो देवता।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा खे गमनं करोति नियतं वायोः सदा धारणा ॥

३. आकाशं सुविशुद्धवारिसदृशं यद्ब्रह्मरन्ध्रे स्थितं
तन्नाथेन सदा शिवेन सहितं युक्तं हकाराक्षरैः।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा मोक्षकपाटभेदनपटुः प्रोक्ता नभोधारणा ॥

४. कर्मणां साधकाः सर्वा धारणाः पञ्च दुर्लभाः।
तासां विज्ञानतो योगी सर्वपापैः प्रमुच्यते।

मूलाधार में भुजङ्गाकार कुण्डलिनी अधिष्ठित है; इस शिखा को तेजोमय ब्रह्मरूप में ध्यान करे यही तेजोध्यान या ज्योतिर्ध्यान है। मन से ऊपर भ्रू के मध्य में प्रणवात्मक तेज है, उस ज्वालावली प्रयुक्त तेज का ध्यान तेजो ध्यान है[१]।

प्रत्याहारः—विषयों के प्रति विना रोक टोक इन्द्रियों की प्रवृत्तियों का बल-पूर्वक रोकना प्रत्याहार है।

अर्थात्—अपने अपने विषय में इन्द्रियों का असंयोग होने से चित्त की द्रष्टा के स्वरूप में अवस्थिति प्रत्याहार है अर्थात् प्रत्याहार शब्द का अर्थ घूमाना है, चञ्चल अस्थिर मन आदि जहाँ-जहाँ जाता है वहाँ से लौटाकर आत्माविष्ट करना प्रत्याहार है। वेदान्तसार में, इन्द्रियों को अपने विषय से प्रत्याहरण प्रत्याहार है।

धारणाः—अंगूठा, पैर की गाँठ, जानु, उरः, सीवनीलिङ्ग, [गुदा लिङ्ग के मध्य में उन्नत रेखा सीवनी है] नाभि, हृदय, कण्ठ, लम्बिका, नासिका, भौओं के मध्य, मस्तक, मूर्धा इन बारह स्थानों में प्राण वायु का धारण धारणा है। वसिष्ठ संहिता में धारणा का पाँच भेद कहा गया है। मन की निश्चलता के लिए धारणा का विधान है।

(१) क्षमा धारणा—हरिताल सुवर्ण के समान सुन्दर श्री सम्पन्न लक्ष्मी कमलासन से समन्वित चतुष्कोण हृदय में स्थित है और [illegible] युक्त है वहाँ पाँच घड़ी तक चित्त समन्वित प्राण को धारण करे सदा स्तम्भ करने वाली यह क्षितिपरक क्षमा नामक धारण कही जाती है।[२]

(२) वारुणी धारणाः—अर्द्ध चन्द्र के समान कुन्द पुष्प के सदृशधवल कण्ठ अर्थात् ग्रीवा में तत्त्व समन्वित अमृत वकार बीजयुक्त सदा विष्णु के साथ युक्त स्थित है वहाँ चित्तयुक्त प्राण को पाँच घड़ी तक लाकर धारण करे दुःसह काल कूट के समान तरल यह वारुणी धारणा कही जाती है।[3]

---

१. भ्रुवोर्मध्ये मन ऊर्ध्वं यत्तेजः प्रणवात्मकम्।
ध्यायेत् ज्वालाबलीयुक्तं तेजोध्यानं तदुच्यते ॥ (घे० सं० ६।१७)

२. प्राप्तश्रीहरितालहेमरुचिरा तत्त्वकलालान्वितं
संयुक्ता कमलासनेन च चतुष्कोणा हृदि स्थायिनी।
प्राणं तत्र विनीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा स्तम्भकरी सदा क्षितिपरा ख्याता क्षमा धारणा ॥

३. अर्द्धेन्दुप्रतिमं च कुन्दधवलं कण्ठे च तत्त्वान्वितं
तत्पीयूषवकारबीजसहितं युक्तं सदा विष्णुना।
प्राणांस्तत्र विनीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा दुःसहकालकूटतरला स्याद्वारुणी धारणा ॥
(शा० ति० अ० पृ० ४१)

अभ्यास के द्वारा यथेच्छ अभीष्ट ध्येय में चित्त की निश्चल स्थिति करना योग है। स्थैर्य और ध्येय इन दो विषयों के अनुसार योग का अनेक भेद है। चित्त में स्थैर्य्य की उत्पत्ति से मनोवृत्ति चित्त में स्थिर रहती है। वृत्ति की स्थिरता की वृद्धि मानसिक बल वृद्धि सम्पत्ति है। स्थिरता की चरम सीमा समाधि है। और यह शाश्वती शान्ति का साधन है। आत्मस्वरूप की प्राप्ति के लिए श्रवण मनन और निदिध्यासन अर्थात् समाधि को चरम कारण माना है। योगी अपने कर्म समूह को दग्ध कर समाधि सिद्ध होने पर इसी जन्म में मुक्त होता है।[1] आत्मदर्शन समाधि [illegible] परम धर्म है। ईश्वर के प्रणिधान से भी चित्त की स्थिरता होती है। दान, संयम आदि के द्वारा परम्परा क्रम में चित्त स्थिर होता है। चित्त के रूप में परिणत सत्त्व गुण ही विशुद्ध ज्ञान वृत्ति है, जिसे चित्त सत्त्व भी कहा जाता है। तमो गुण और रजो गुण से चित्त के अनुविद्ध होने पर चाञ्चल्य और आवरण के कारण ध्यान की प्रवणता नहीं होती है।

योग के विना कुण्डलिनी का जागरण नहीं होता है। गौतमीयतन्त्र में—संसार से उद्धार होने के साधन को योग कहा गया है, इस दृष्टि से जीव और आत्मा का ऐक्य ही योग है।[2] शारदातिलक टीका में राघवभट्ट ने भी वेदान्तानुसार जीव और आत्मा के ऐक्य को ही योग माना है। (ऐक्यं जीवात्मनोराहुर्योगं योगविशारदाः[3]) कुलार्णवतन्त्र के अनुसार भी पूर्वोक्त ही योग माना है।

न पद्मासनतो योगो न नासाग्रनिरीक्षणम्।
ऐक्यं जीवात्मनोराहुर्योगं योगविशारदाः॥ (कु० त० ३०।९)

महानिर्वाणतन्त्र के अनुसार भी योग की यही परिभाषा स्वीकृत है। योगो जीवात्मनोरैक्यं पूजनं सेवकेशयोः। (म० त० १४।१२३) महातन्त्र के अनुसार शिवशक्ति का सामरस्य योग है।

प्रपञ्चसार के अनुसार अपने में हाथ पैर मुख आदि से रहित अनन्य आत्म स्वरूप का अनवरत दर्शन ही तात्त्विक दृष्टि से योग है।[4] पातञ्जल योगदर्शन की दृष्टि से प्रदर्शित चित्तवृत्ति-निरोध रूप योग के [illegible] तन्त्र एवं गीतोक्त योग का

---

१. विनिष्पन्नसमाधिस्तु मुक्तिं तत्रैव जन्मनि।
प्राप्नोति योगी योगाग्निदग्धकर्मचयो चिरात्। (वि० पु० ७ अंश)

२. संसारोत्तरणे युक्तिर्योगशब्देन कथ्यते। (गो० त० २२।८)
ऐक्यं जीवात्मनोराहुर्योगं योगविशारदाः॥ (गो० त० २२।९)

३. शा० ति० २५

४. करपादमुखादिविहीनं मनोरदृश्यमनन्यगमात्मपदम्।
यमिहात्मनि पश्यति तत्त्वविदस्तमिमं किल योगमिति ब्रुवते॥
(आ० पृ० ५४३)

कोई विरोध नहीं है। क्योंकि आत्मस्वरूप में चित्तवृत्ति की स्थिरता ही योग है, यह अर्थ "तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् (यो. सू. १।३) इस सूत्र में सुस्पष्ट है। गीता के द्वितीय अध्याय के पद्य के द्वारा स्पष्ट कहा गया है कि समाधि में स्थिर बुद्धि का अवस्थान ही योग है। "समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यति।"

योग का भेदः—सभी साधनायें साधारण रूप से योग के नाम से परिचित है। ज्ञान हो या कर्म हो या भक्ति सभी के साथ योग शब्द का संयोग कर ज्ञान-योग, कर्मयोग, भक्तियोग, हठयोग, नादयोग, लययोग, जपयोग आदि। इसी प्रकार अन्तरङ्ग और बहिरङ्ग के भेद से भी योग का दो भेद माना गया है। बहिरङ्ग योग-साधना के बल से ज्ञान का उदय होता है। किन्तु इस ज्ञान के होने पर भी ज्ञान और ज्ञेय का भेद नष्ट नहीं होता है। अन्तरङ्गयोगनिर्विकल्पक की साधना करने पर जिसे महाज्ञान कहा जाता है, इस अवस्था में ज्ञान और ज्ञेय का पृथक् रूप से ज्ञान नहीं होता है। सत्य वस्तु का ज्ञान जो बहिरङ्ग योग है, उसके फलस्वरूप सत्य का भान अवश्य होता है, किन्तु अन्तरङ्ग योग के बिना द्रष्टा के सत्यस्वरूप में अवस्थिति की प्राप्ति नहीं होती है[1]। दत्तात्रेय संहिता के अनुसार राजयोग सर्वश्रेष्ठ माना है।

> "योगो हि बहुधा ब्रह्मन् तत्सर्वं कथयामि ते।
> मन्त्रयोगो लयश्चैव हठयोगस्तथैव च॥
> राजयोगश्च सर्वेषां योगानामुत्तमः स्मृतः[2]।

योगशिखोपनिषद् के अनुसार महायोग के रूप में भिन्न-भिन्न रूप में उपलब्ध सभी योग एक ही है। मन्त्रयोग लययोग, हठयोग एवं राजयोग ये [illegible] भेद मात्र हैं।

> मन्त्रो लयो हठो राजयोगान्ता भूमिकाः क्रमात्।
> एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोऽभिधीयते[3]॥

लययोग—योगशिखोपनिषद् के अनुसार हठयोग से सभी दोषों से उत्पन्न जडता का नाश हो जाता है, क्योंकि क्षेत्र और परमात्मा का ऐक्य = अभेद होता है, फलतः चित्त की विलीनता भी सम्पन्न होती है, यही लययोग है।

लययोग होने पर प्राणवायु स्थिर होता है। योगी को लययोग से परम पद की उपलब्धि के साथ स्वरूपानन्द का लाभ होता है[4]। हठयोगप्रदीपिका के अनुसार वासना का पुनः उत्थान न होने के लिए विषय विस्मृति लय है। सभी

---

१. कल्याण योगाङ्क पृ० ३२५

२. प्रा० तो० का० ५। प० उ० पृ० ४३९

३. यो० शि० १।१२९

४. यो० शि० उ० पृ० ३६

सम्मेलन मन्त्रयोग है। शब्दात्मक मन्त्र चेतन हो जाता है और ऊर्ध्वगति क्रम में शब्दातीत परमधाम पर्यन्त गमन करता है। वैखरी से मध्यमा होते हुए पश्यन्ती अवस्था तक प्रवेश कराना मन्त्रयोग का उद्देश्य है। पश्यन्ती स्वप्रकाश चिदानन्दमय चिदात्मक-पुरुष की अमर षोडशी कला है। शब्द चैतन्य का फल आत्मा की स्वरूप स्थिति है। मूलाधार से शब्द ऊपर को उठता रहता है। मन्त्रयोग से बाह्य विषय से इन्द्रिय अवरुद्ध रहती है, और चेतन शब्द सुनने का अधिकारी होता है। अभिधान जनित शब्द अनाहत नाद में लीन हो जाता है। अक्षर समष्टि मात्र रह जाती है, इसमें भी ईडा और पिङ्गला की गति अवरुद्ध हो प्राण सुषुम्णा में प्रविष्ट होता है और सारस्वतस्रोत का अनुभव करता है और क्रमशः आज्ञाचक्र में जाता है, वहाँ बिन्दु स्थान का भेदन कर सहस्रार महाबिन्दु में अवस्थित है—यही तज्जपस्तदर्थ भावन रूप मन्त्र योग है।

हठयोग :—

योगशिखोपनिषद् के अनुसार हकार सूर्य है और ठकार चन्द्र है, सूर्य और चन्द्र का ऐक्य ही हठ योग है। शरीर में आपानवायु चन्द्र है और प्राणवायु सूर्य है। अतः प्राण और आपानवायु का संयोग हठ योग है। किसी किसी के मत में हठात् ज्योतिर्मय होकर अन्तर में शिव स्वरूपता की प्राप्ति करता है, अतः सिद्धि प्रद सिद्ध सेवित यह हठ योग है।

साधन में प्रधान साधन शरीर है, शरीर की स्वस्थता के विना साधना नहीं चल सकती है। सूक्ष्म शरीर और स्थूल शरीर का घनिष्ठ सम्बन्ध है, अतः स्थूल शरीर की साधना का प्रभाव सूक्ष्म शरीर और मन पर होता है। हठयोगप्रदीपिका के अनुसार सभी तापतप्त मानवों के लिए यह आश्रयगृह स्वरूप है, एवं कूर्म जैसे पृथिवी का आधार है वैसे ही यह सभी योगों का आधार है। इस योग के करने से साधक के शरीर में दुर्बलता, मुख में प्रसन्नता, अनाहत नाद की व्यक्तता, नेत्र की निर्मलता एवं शरीर की स्वस्थता होती है, बिन्दु-जय से अग्नि उद्दीप्त तथा नाड़ी विशुद्ध होती है। इससे सुप्त कुण्डलिनी का जागरण एवं ब्रह्मद्वार मुक्त होता है।

"वपुःकृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले।
अरोगता विन्दुजयोऽग्निदीपनं नाडीविशुद्धिर्हठयोगलक्षणम्" ॥[1]

हठयोग का उपदेश गोरक्षनाथ एवं इनके पूर्ववर्ती मृकण्ड पुत्र मार्कण्डेयादि ने किया है। हठयोग अष्टाङ्ग है, जिसका निर्देश पातञ्जलयोग दर्शन के यम आदि से किया है। गोरक्षनाथ के अनुसार यह षडङ्ग है। इन्हों ने यम और नियम का परित्याग कर अन्य सभी अङ्गों को माना है। घेरण्ड संहिता के अनुसार इसके

१. ह० प्र० २।७८

सङ्कल्प के विनष्ट होने पर जब अशेष चेष्टायें निःशेष हो जाती है तब लययोग उत्पन्न होता है। वाणी की अविषय अपने अनुभव मात्र से गम्य यह अवस्था है।

"उच्छिन्न-सर्वसङ्कल्पो निःशेषाशेषचेष्टितः।
स्वावगम्यो लयः कोऽपि जायते वागगोचरः॥" ह० प्र० ४।३२

दूसरे शब्द से श्वास-प्रश्वास निरुद्ध हो जाता है, इन्द्रिय का विषय ग्रहण विध्वस्त हो जाता है एवं मन निश्चेष्ट हो जाता है; तब लययोग के उत्कर्ष की अवस्था आती है। यह लययोग अनेक प्रकार के हैं। वस्तुतः चित्तलय ही लययोग है। चलते, उठते, बैठते, निद्रा, आहार सभी अवस्थाओं में निष्कल ईश्वर का ध्यान करना—यही लययोग है। बाह्य एवं आभ्यन्तर जितने भी कर्म सभी की लय साधना लययोग है। आदिनाथ ने सवा करोड लययोग के भेद को कहते हुए नादानुसन्धान को मुख्यतम माना है। शिव संहिता में तो स्पष्ट कहा कि खेचरी के समान मुद्रा नहीं है और नाद के समान कोई लय नहीं है। अतः नादानुसन्धान = आत्मज्योति का दर्शन जिसे पातञ्जल दर्शन के अनुसार स्वरूपावस्थान अर्थात् अन्य दृष्टि से कुण्डलिनी-उत्थापन कहा है श्रेष्ठ लययोग है।

मन्त्र योग :—

हकार के द्वारा श्वास बाहर आता है और सकार के द्वारा भीतर प्रवेश करता है, इस प्रकार सभी लोग हंसः मन्त्र का जप करते है गुरु की कृपा से सुषुम्णा में विपरीत जप होता है अर्थात् सोऽहं हो जाता है—यही मन्त्रयोग है।

मन्त्र जप के लिए जो मनोलय है—वही मन्त्रयोग है, पातञ्जल के अनुसार तज्जपस्तदर्थभावनम् (पा० सू० १।२८) के द्वारा इसी का निर्देश किया है। इसकी दूसरी संज्ञा महाभाव मानी गई है, इसमें बाह्यव्यवहार विहित है, बाह्यानुष्ठान भी चलता है, वर्णाश्रम धर्म आदि भी चलता है, देव देवी की मूर्ति का प्रतीकात्मक ध्यान भी चलता है, उनके रूपका ध्यान और नाम के जप के द्वारा मन्त्रयोग समाधि होती है।

दत्तात्रेय संहिता में इसको अधम योग कहा है, किन्तु शक्तिसङ्गमतन्त्र में और पातञ्जल दर्शन में इसकी प्रशंसा की गई है। मन्त्र योग के अभ्यास से सुखदुःख रहित केवल परब्रह्म परिस्फुट होता है। इसके द्वारा चित्त शुद्ध होता है। कामक्रोध से युक्त परमात्मा का ऐक्य चिन्तन दुःख का कारण होता है, मन कहीं, ध्येय कहीं, तब सुख कहाँ? मानस भावना के द्वारा जीव ध्येय स्वरूप रहता है और भावना के त्याग के साथ ही जीव हो जाता है[1]। कविराजजी की व्याख्या के अनुसार मन्त्र का आश्रयण कर जीवात्मा और परमात्मा का

१. श० सं० त० १।२६–३०

जिस अवस्था में केवल ध्येय विषय मात्र का ज्ञान रहता है—वही ध्यान समाधि है। चित्त ध्येय के चित्र के स्वरूप को आधान करता है। योग समाधि है और यह चित्त का सार्वभौम धर्म है। योगः समाधिः, सच सार्वभौमश्चित्तस्य धर्मः। (व्या० भा० ३।२)

घेरण्डसंहिता के अनुसार मन को देह से पृथक् कर परमात्मा के साथ युक्त करे। इसी अवस्था को समाधि कहा जाता है। इस अवस्था में दश इन्द्रियों से सर्वथा असंयुक्त मन रहता है[1]। समाधि का यह स्वरूप शब्द भेद के साथ सभी दार्शनिकों एवं तान्त्रिकों ने स्वीकार किया है। द्रष्टा की स्वरूप स्थिति कहे या हठयोग प्रदीपिका के अनुसार जीवात्मा और परमात्मा का ऐक्य कहा जाय किन्तु इस अवस्था में सभी सङ्कल्पादि विनष्ट हो जाते हैं। इसका विश्लेषण करते हुए लिखा गया है कि मन की स्वतन्त्र स्थिति नहीं रहती है—जैसे लवण जल के साथ युक्त होने पर एक हो जाता है; वैसे ही मन आत्मा के साथ संयुक्त होकर एक हो जाता है—मन और आत्मा का ऐक्य ही समाधि है। समाधि के विषय में कहीं जीवात्मा परमात्मा के ऐक्य को ही मन की लयावस्था कही गई है। समाधिः समतावस्था जीवात्मपरमात्मनोः[3]। किसी भी स्थिति में नित्यसमत्व भावनात्मक ध्येयाकारता समाधि है। इसी लिए तन्त्र में सर्वत्र ब्रह्मभावना के साथ अपने को भेद मूलक संसारी न मानकर संसार में आत्मस्वरूप से अतिरिक्त कुछ नहीं है—यह समत्व, ऐक्य, अभेद की स्थिति समाधि है। इस अवस्था की प्राप्ति से मनुष्य चराचर के कल्याण की दृष्टि से ही जीवन का उपयोग करता है, अतः राष्ट्र भावना एवं समाजिक तथा राजनीतिक स्थिति ऊर्ध्वतम भूमि पर अवस्थित रहती है।

कुलार्णवतन्त्र के अनुसार—एकादश इन्द्रियों की अपने कार्य से विरति प्रदर्शन करते हुए अचल एकत्व भावना को समाधि कहा गया है। "न सुनता है, न सूंघता है, न स्पर्श करता है, न देखता है, सुख दुःख कुछ भी अनुभव नहीं करता है, सङ्कल्पहीन मन रहता है काठ के समान वह कुछ भी नहीं जानता है, ध्येय में विलीन आत्मावस्था समाधि है[4]"।

आचार्य अभिनवगुप्त ने समाधि का वर्णन करते हुए लिखा है—"जो काम की (कामना) अभिलाषा से सम्पन्न हैं वे देहात्मक इस वेदवाणी को स्वर्गफल

---

१. घटाद्भिन्नं मनः कृत्वा ऐक्यं स्यात् परमात्मनोः ।
समाधि तं विजानीयात् मुक्तसंज्ञो दशादिभिः ॥ (ह० प्र० ६।२)

२. तत्समं च द्वयोरैक्यं को वात्मपरमात्मनोः ।
प्रनष्टसर्वसङ्कल्पः समाधिः सोऽभिधीयते ॥ (ह० प्र० ४।६)

३. ह० प्र० ४।५ । यो० उ० १०६

४. कु० व० ९।१०–१४

सात अङ्ग है। उसमे प्रत्येक का विभिन्न फल है, षट् कर्मों से शरीर शोधन, आसन से शरीर दृढ़, मुद्रा से शरीर स्थिर, प्रत्याहार से धीरता, प्राणायाम से प्रणिधान होता है और ध्यान से आत्म प्रत्यक्ष और समाधि से निर्लिप्तता और मुक्ति होती है।[1]

राजयोग :—

योगेश्वरोदय में कहा गया है कि आकाश में घूमती हुई वायु जैसे स्वयं आकाश स्वरूप को प्राप्त करती है अर्थात् आकाश में लीन होती है, वैसे ही आकाश में अर्थात् ब्रह्म में मन का लय ही राजयोग है।

यथाकाशे भ्रमन् वायुराकाशं भ्रजते स्वयम्।
तथाकाशे मनो लीनं राजयोगक्रियामतम्॥ (योगेश्वरोदय)

योगशिखोपनिषत् के अनुसार शक्ति और शिव का योग ही राजयोग है।

रजसो रेतसो योगाद्राजयोग इति स्मृतः। (योग० उप० १।१३७)

राजयोग द्वैत-भाव-रहित है। 'राजयोगः स्यात् द्विधाभावविवर्जितः' (शि० सं० ५।१७) इस योग में दीप्तिका साक्षात्कार होता है। दीप्ति अर्थ को कहने वाले राज् (राज्) से यह निष्पन्न है। इसके फल की श्रेष्ठता को ध्यान में रखकर कतिपय आचार्यों ने योगों का राजा यह अर्थ किया है। किन्तु इस अर्थ में "योगराज' प्रयोग होगा। सर्वथा शिवप्रद होने के कारण ही यह राजयोग है। योगेश्वरोदय के मत में यह पन्द्रह प्रकार का है।

"पञ्चदश प्रकारोऽयं राजयोगः शिवप्रदः।
क्रियायोगः ज्ञानयोगः कर्मयोगो हठस्तथा॥
ध्यानयोगो मन्त्रयोग उपयोगश्च वासना।
राजन्त्येतद् ब्रह्मविष्णुशिव एभिश्च पञ्चधा॥

योगी स्वात्माराम ने श्रीशुकनाथ को प्रणाम करके केवल राजयोग की सिद्धि के लिए हठयोग का उपदेश दिया है।

"प्रणम्य श्रीशुकं नाथं स्वात्मारामेण योगिना।
केवलं राजयोगाय हठविद्योपदिश्यते॥" ह० प्र० १।२

समाधिः—ध्यान की चरम परिणति समाधि है। पातञ्जल योग सूत्र के अनुसार समाधि ही योग है। योग की चरमावस्था समाधि है। घेरण्डसंहिता में भी श्रेष्ठ योग को समाधि कहा गया है। ईश्वरात्मक गुरु कृपा से ही इसका लाभ होता है[2]। ध्येय विषय मात्र का ज्ञान सम्प्रज्ञात समाधि है।

---

१. घे० सं० १।१०–११

२. तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः। (यो० सू० ३।३)

जलवस्तिं जले कुर्याच्छुकवस्तिं सदा क्षितौ ॥ (घे. सं. ११४६)

लौलिकी या नौलीः—पेट को एक तरफ से दूसरी ओर आन्दोलित करना है, इससे सभी रोग दूर होते है और देहाग्नि वर्द्धित होती है।

नेतिः—एक विता परिमित सूक्ष्म तागा लेकर नासिका के छिद्र में प्रवेश करे और इसको मुख से बाहर करे—यही नेति कर्म है। इसमें खेचरी सिद्धि होती है; तथा कफ दोष का नाश एवं दिव्यदृष्टि का लाभ होता है।

त्राटकः—नेत्र से जब तक पानी नहीं आता है, तब तक एक सूक्ष्म लक्ष्य की ओर पलक गिराये विना देखना त्राटक है। इससे शाम्भवी की सिद्धि होती है। सभी नेत्र रोगों का विनाश और दिव्यदृष्टि का लाभ होता है। कपालभातिः—वामक्रम व्युत्क्रम, शीत्कर्म के भेद से कपालभाति तीन प्रकार की है, इसके द्वारा दिव्यदृष्टि की प्राप्ति होती है।

वामक्रमः—बाँई नाक में ईडासे वायु भरकर दक्षिण नाक से रेचन करे अर्थात् पिङ्गला से रेचन करे। इस प्रकार पर्यायक्रम में पिङ्गला से धीरे-धीरे पूरक और ईडासे रेचन करे। इस योगाभ्यास से कफ दोष हटता है।[1]

व्युत्क्रमः—नाक से जल खींचकर धीरे-धीरे मुख से बाहर करे। इससे श्लेष्मा दोष नष्ट होता है।[2]

शीत्क्रमः—शीत्कार पूर्वक मुख से श्वास खींच कर नाक से बाहर करे। इस क्रिया से कामदेव के समान होता है, इस योगाभ्यास से वार्द्धक्य ज्वराधिक्य नहीं रहता है, शरीर स्वच्छन्द एवं कफ दोष नष्ट होता है।[3]

हठयोग-प्रदीपिका एवं दत्तत्रेयसंहिता के अनुसार मेद और श्लेष्मा के आधिक्य रहने पर ही षट्कर्म का आचरण करे, अन्य व्यक्ति नहीं करे।

मेदः श्लेष्माधिकः पूर्वं षट्कर्माणि समाचरेत्।
अन्यस्तु नाचरेत् तानि दोषाणां समभावतः[4] ॥

कतिपय आचार्यों के अनुसार प्राणायाम के द्वारा ही सभी मलों का शोषण करे—यह माना है, आचार्य पतञ्जलि ने भी प्राणायाम से अतिरिक्त किसी अन्य कर्मों की आवश्यकता नहीं है—यही स्वीकार किया है।

प्राणायामैरेव सर्वे प्रशुष्यन्ति मला इति।
आचार्याणां तु केषाञ्चिदन्यत्कर्म न सम्मतम्[5] ॥

---

१. घे० सं० ६।५   २. घे० सं० १।५६

३. शीत्कृत्य पीत्वा वक्त्रेण नासानालैर्विरचयेत् एवमभ्यासयोगेन कामदेवसमो भवेत्। न जायते वार्द्धक्यं च ज्वरो नैव प्रजायते। भवेत्स्वच्छन्ददेहश्च कफदोषं निवारयेत् ॥ (घे. सं. १।५०—५१)

४. ह० प्र० २।२६   ५. ह० प्र० २।३१

से परिव्याप्त मानते हैं, जन्म और कर्म फल मानते हुए भेद भावना संश्लिष्ट समत्व से दूर ही रहते हैं, अतः वे विवेकी नहीं हैं। वेद को अपनी कल्पित वाणी के अनुरूप अभिप्रेत फल की प्राप्ति के लिए मानकर अपहृतचित्त हो व्यवसाय बुद्धि से युक्त जीवन व्यतीत करते हैं, वे समाधि की स्वरूप योग्यता भी नहीं रखते हैं, क्योंकि, नियतफल के अधीन ही वे रहते हैं अतः सुख-दुःख-मोहात्मक बुद्धि से वैदिक कर्मों के अनुष्ठान में वे बन्धन में ही अपना जीवन प्रवाह चलाते रहते हैं, किन्तु फलाभिलाषा से शून्य होने पर सम्प्रज्ञात समाधि सम्पन्न होने पर वेद उनके लिए बन्धन का कारण नही होता है। जीवन युद्ध में वे आत्मानुग्रहशून्य होते हुए भी प्राणियों के प्रति अनुग्रह सम्पन्न हो लोक जीवन-यात्रा में तत्पर छ दोषों से मुक्त सुख-दुःख-मोह-शून्य निष्काम कर्म रत हो समत्व भावना सम्पन्न होने से वास्तविक समाधि में रहते हैं। फल की कामना के कालुष्य से परिव्याप्त रहने पर ही, कर्म फल के प्रति साधन होता है। योग = समाधि में स्थित हो कर्म करे, क्योंकि साम्य ही योग है[1]। रागद्वेष रहित मुनि स्थितप्रज्ञ कहा जाता है। उसको शुभ से प्रसन्नता और अशुभ से ताप नहीं होता है। इन्द्रियों को विषयों से खींच कर आत्मा में स्थिर करना ही योग या स्थिरप्रज्ञता है। उपसंहार में कहा है—योगी का लोकोत्तर व्यवहार रहता है, अन्धकार-रूपिणी माया के विषय में वह उद्‌बुद्ध रहता है कि कैसे इसका त्याग करे, क्योकि वहाँ प्राणी अनेक कामनानुरूप चेष्टाओं में सुख दुःख मोह से अभिभूत होकर उनमें ही सतत रत रहता है, किन्तु नाम रूप एवं सुख सन्ततियों का अनादर कर योगी ज्ञान से सम्बुद्ध स्थिरप्रज्ञ प्रबुद्ध स्थिति में रहता है। वह कामनावश बाह्य विषयों की ओर गतिशील नहीं रहता है अतः, निर्मम, निरहंकार निःस्पृह होकर लोकयात्रा निर्वाह करता हुआ शान्तिपूर्ण सन्तुष्ट ज़ीवन यापन करता है। अविद्या हेय या कामना का अवसान होने से इसको मोक्ष या निर्वाण कहा जाता है। उपसंहार में असम्प्रज्ञात निर्विकल्पक समाधि एवं माध्यमिकों के अनुसार शून्यता की यही स्थिति हैं।

षट्कर्मः—धौति, वस्ति, नेति, नौली, त्राटक, कपालभाति ये छ कर्म हैं।

धौति चार प्रकार की है। अन्तःधौति, दन्तधौति हृद्‌धौति, मूलशोधनधौति से शरीर निर्मल होता है।

अन्तःधौति भी चार प्रकार की है—वातसार, वारिसार, अग्निसार, एवं बहिष्कृत।

वस्ति—जिस प्रक्रिया से वस्ति प्रदेश का शोधन होता है, उसे वस्ति कहा जाता है, जलवस्ति और शुष्कवस्ति के भेद से यह दो प्रकार की है।

जलवस्तिः शुष्कवस्तिः वस्तिः स्याद्द्विधा स्मृता।

---

१. गी० अभिनव व्या० पृ० ११९–१३२

आशय यह है कि चित्त की वृत्ति के निरोध का नाम योग या समाधि है। योग दो प्रकार का है, निर्विकल्पक योग और सविकल्पक योग। निर्विकल्पक योग की अवस्था में चित्त का ध्वंस होता है और असम्प्रज्ञात में पुरुष की स्वभाव में अवस्थिति होती है अर्थात् अपने स्वरूप में स्थिति रहती है, योगशास्त्र की दृष्टि में यही कैवल्य या मुक्ति है। स्तर स्तर पर प्रज्ञा के विकास के फलस्वरूप चित्त का विनाश होने पर मुक्तावस्था आती है। निम्नलिखित प्रज्ञाओं के फलस्वरूप क्रमशः चित्त का विनाश होता है—

१. दुःख के कारण भूत संसार का ज्ञान होना तथा उसको जानने के लिए कुछ शेष नहीं रहता है।

२. संसार के मूल कारण का उत्पाटन हो गया है, अब उसका उत्पाटन शेष नहीं है।

३. निरोध समाधि के द्वारा यह उत्पाटन कार्य हुआ है।

४. पुरुष और प्रकृति का भेद ज्ञात हो गया है, इस प्रज्ञा की उपलब्धि होने पर कतिपय तात्त्विक घटनायें होती हैं।

(क) बुद्धि की पुरुषार्थता सम्पन्न होती है।

(ख) चित्त नष्ट होकर प्रकृति के रूप में अवस्थित होता है।

(ग) बुद्धि अपने गुणों के स्वभाव में परिणत होती है।

बुद्धि आदि एवं गुण पुरुष के प्रति योग और मुक्ति उत्पन्न करता है। पुरुषार्थ विरहित कार्य-बुद्धि आदि और कारण-गुणत्रय का (मूल प्रकृतिस्वरूप गुणत्रय का) प्रतिलोम प्रश्रय या प्रतिपुरुष अर्थात् प्रकृति के रूप में अवस्थान को केवल का धर्म कैवल्य या मुक्ति कहा जाता है। स्वरूप प्रतिष्ठा अर्थात् बुद्धिवृत्ति का प्रतिबिम्ब पुरुष में प्रतिबिम्बित न होकर पुरुष का अपने शुद्ध निर्लिप्त चिद् भाव में अवस्थान करना है। चिति शक्ति ही स्वरूप है। ("पुरुषार्थ-शून्यानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूप-प्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति"[1]) प्रकृत में कैवल्य शब्द से पुनः उत्थान रहित विदेह कैवल्यावस्था है। कैवल्य अर्थात् चित् शक्ति की स्वरूपस्थिति अर्थात् द्रष्टा का स्वरूप में अवस्थान—यही असम्प्रज्ञात योग है। यह कैवल्यरूपा चिति-शक्ति असंहत है। संहतशक्ति ही पुनः पुनः कार्य का उत्पादन करती है। चैतन्य मात्र स्वरूपिणी असंहता चिति शक्ति से उस प्रकार का कार्य कभी भी उत्पन्न नहीं होता है, इसीलिए वह केवला है (चितिशक्तिरेव केवला[2])। इसका किसी भी समय बन्धन नहीं था समाधि की स्थिति में इसका मोक्ष भी किसी समय आविर्भूत नहीं होता है। बन्धन और मुक्ति इन दोनों से यह अतीत है। असम्प्रज्ञात योगावस्था ही मुक्ति है। असम्प्रज्ञात योग के लाभ होने पर पुरुष चितिशक्ति में

१. योग सू० कै० पा० ३४

२. व्यास भाष्य ३४

आसनः—हाथ पैर आदि संस्थान विशेष को विशिष्ट रूप में रखना आसन है। हठयोगप्रदीपिका के अनुसार आसन हठयोग का प्रथम अङ्ग है। इनके अभ्यास से देह की स्थिरता आरोग्य और लघुत्व होता है। आसनों की चौरासी लक्ष संख्या कही गई है। इनमें चौरासी विशिष्ट हैं और इनमें भी बत्तीस का मुख्यतम स्थान है। यथा—सिद्ध, पद्म, भद्र, मुक्त, वज्र, स्वस्तिक, सिंह, गोमुख, वीर, धनु, शव, गुप्त, मत्स्य, मत्स्येन्द्र, गोरक्ष, पश्चिमोत्तान, उत्कट, सङ्कट, मयूर, कुक्कुट, कूर्म, उत्तानकूर्मक, उत्तानमण्डुक, वृक्ष मण्डुक, गरुड, वृष, शलभ, वृषमकर, उष्ट्र, भुजङ्ग एवं योग। घेरण्डसंहिता में आसन के फलों का विस्तृत वर्णन उपलब्ध है।

मुद्राः—मुद्रा भी आसन के समान ही शारीरिक अवस्था विशेष है। प्रधान रूप से इन मुद्राओं का निर्देश मिलता हैं। महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डीयान, जालन्धर, मूलबन्ध, महाबन्ध, महाबोध, खेचरी, विपरीतकरी, योनि, वज्रोली, शक्तिचालनी, ताडागी, माण्डुकी, शाम्भवी, पञ्चधारणी, अश्विनी, पाशिनी, काकी, मातङ्गी भुजङ्गिनी। इनके अतिरिक्त भी सुरभि, ज्ञान आदि मुद्रायें वर्णित हैं। इनके अभ्यास से योगियों को सिद्धि लाभ में सहयोग मिलता है।

हठयोग प्रदीपिका के अनुसार महामुद्रा, महाबन्ध, महावेध, खेचरी, उड्डीयान, मूलबन्ध, जालन्धर, विपरीतकरिणी, बज्रोली, शक्तिचालनी ये दश मुद्रायें वृद्धत्व और मृत्यु की नाशक है। "इदं हि मुद्रादशकं जरामरणनाशकम्" मुद्रा का अभ्यास कुण्डलिनी के जागरण का प्रसारण हेतु है।

"तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्रबोधयितुमीश्वरीम्।"
ब्रह्मद्वारमुखे सुप्तां मुद्राभ्यासं समाचरेत्॥ (ह. प्र. ३।१२८)

मोक्षः—योगसूत्र के द्वितीय पाद के बाइसवें सूत्र के व्यासभाष्य में कहा गया है कि—अनादिकाल से प्रवृत्त दृश्य-समुदाय कृतार्थ=ज्ञानी पुरुष के प्रति अर्थात् मुक्त पुरुष की दृष्टि से नष्ट अर्थात् लीन रहता है, किन्तु अकृतार्थ पुरुष के लिए दृश्य वर्ग भासमान रहता है। "कृतार्थं प्रति नष्टमप्यनष्टं तदन्य-साधारणत्वात्" (२२ सू.) कृतार्थमेकं पुरुषं प्रति दृश्यं नष्टमपि नाशं प्राप्तमपि अनष्टं तदन्यपुरुषसाधारणत्वात्" (व्या. भा. २२) अतः प्राकृतजगत् से परे आत्मस्वरूप में अवस्थिति योगी की रहती है। यही कारण है कि पातञ्जल योग सूत्र के प्रथम पाद के तृतीय सूत्र में बुद्धि से ज्ञात आत्मा का स्वरूप अविवेक-प्रयुक्त होने से स्वाभाविक रूप नहीं है, बुद्धि का स्वभाव सिद्ध रूप स्वरूप प्रतिष्ठत होना है। पुरुष की स्वरूप प्रतिष्ठता स्वभाव होने से अस्वरूप प्रतिष्ठता बुद्धिबोधात्मता या दृश्य वर्गों का दर्शन मिथ्याज्ञान प्रयुक्त ही मानना होगा। योग के द्वारा स्वरूप अवस्थिति होने पर तत्त्वज्ञान प्रयुक्त मिथ्याज्ञान का उच्छेद होने से बुद्धि बोधात्मता न रहने से पुरुष स्वरूपस्थ स्वस्थ हो जाता है।

"न वेति विभाषा" (पा० सू० १।२।४४) इस सूत्र के अनुरूप ही विकल्पार्थक मानकर आगे का व्याख्यान प्रदर्शित किया है। इसी विकल्प को सिद्ध करने के लिए कहा गया है—"ईश्वरप्रणिधानाद्वा" इसका पूर्व सूत्र में वर्तमान विशेष के साथ अन्वय विवक्षित है। अतः मृदु आदि तीव्रसंवेग से जो कार्य होता है, उससे भी विशेष ईश्वर-प्रणिधान से होता है। इनके सिद्धान्त में प्रणिधान शब्द का अर्थ, साधन पाद में कथित समाधि की सिद्धि ईश्वर के प्रणिधान से होती है[1]—यह विवक्षित नहीं है वरन् असम्प्रज्ञात की कारणीभूत जो समाधि है वह भावना विशेष ही है, क्योंकि प्रणिधान की व्याख्या "तज्जपस्तदर्थभावनम्" (यो. सू. १।२८) इस आगे के सूत्र के द्वारा ही कर दिया गया है। जीवात्मविषयक प्रज्ञान्त एवं ईश्वर-विषयक-प्रज्ञान्त को ही योग का उपाय कहा गया है। असम्प्रज्ञात समाधि के साधनवर्णन प्रसङ्ग में श्रद्धावीर्य्य-स्मृति-समाधिप्रज्ञा[2] को साधन रूप में कहा गया है। इस सूत्र की व्याख्या में वार्त्तिककार ने कहा है कि देव मनुष्य को जन्म के ग्रहण मात्र से असम्प्रज्ञात समाधि नहीं होती है, किन्तु श्रद्धा से आरम्भ कर प्रज्ञापर्यन्त योगोपाय के अनुष्ठान से ही असम्प्रज्ञात समाधि होती है। इस स्थल में प्रज्ञा का विश्लेषण करते हुए वार्त्तिककार ने कहा है कि प्रज्ञा, समाधि योग का अन्तिम अङ्ग है। समाहित चित्त वाले व्यक्ति को प्रज्ञा—जीवतत्त्वसाक्षात्काररूपविवेक या आत्मतत्त्वसाक्षात्कार रूप विवेक उत्पन्न होता है और इस विवेक से वह यथार्थ वस्तु को समझता है।[3]

जीवात्मविषयक एवं परमात्मविषयक प्रज्ञापर्यन्त योग के उपाय कहे गये हैं, इनमें जीवात्मविषयक प्रज्ञापर्यन्त उपाय अधिमात्र तीव्रसंवेग रूप साधन के समवधान में ही असम्प्रज्ञात समाधि उत्पन्न कर सकते हैं, किन्तु परमात्मविषयक प्रज्ञापर्यन्त उपाय से अधिमात्र तीव्रसंवेग के अभाव में भी असम्प्रज्ञात आसन्नतम रहता है। ईश्वरविषयक एवं जीवविषयक ये दोनों प्रज्ञायें असम्प्रज्ञात योग अर्थात् मोक्ष हेतु हैं, दोनों प्रज्ञायें देहादि अभिमान की निवर्तिका हैं, अतः परवैराग्य रूप द्वारत्व उभयत्र समान है; फिर भी परमात्मप्रज्ञा से अधिमात्र तीव्रसंवेग के अभ्यास के विना भी असम्प्रज्ञात योग की हेतुता होने से यह प्रज्ञा श्रेष्ठ है। इससे प्रत्यग् चैतन्य की अधिगति है और दोनों में सर्वथा व्यवधान का अभाव भी है; इसीलिए श्रुतिस्मृति इतिहास आदि ने सर्वत्र ब्रह्म ज्ञान को ही मोक्ष का साधन कहा है; जीव तत्त्वज्ञान की मोक्ष हेतुता विरल ही है। यदि दोनों की प्रज्ञा का समान ही विकल्प रहे तो इन श्रुतियों का अर्थ सर्वथा विरुद्ध हो जायेगा।

श्रुति में कहा गया है—उसी को जानकर अमरत्व को प्राप्त करता है अन्य मार्ग मोक्ष की प्राप्ति के लिए नहीं है "तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था

१. यो० सू० साधनपाद दृ० २६५। २. यो० सू० पृ० ५९

३. तदेवं...दिषयीकरोति। पृ० ६०

द्रष्टा के रूप में प्रतिष्ठित होता है। प्रथम पाद के तृतीय सूत्र का यही अभिप्राय है। यह अवस्था पुरुष की सर्वथा गुण के वियोग की अवस्था है, पुनः कभी भी गुणों के साथ सम्बन्ध नहीं होता है। गुण के साथ एकान्त अत्यन्त वियोग ही कैवल्य या द्रष्टा का स्वरूप योग है। ("पुरुषस्यात्यन्तिको गुणवियोगः कैवल्यं तदा स्वरूपप्रतिष्ठा चितिशक्तिरेव पुरुष इति"[१])। सत्त्वपुरुषान्यताख्यातिरूप विवेक ज्ञान में भी विरक्ति आने पर अविद्या आदि क्लेशबीज समस्त मन के साथ विनष्ट हो जाते हैं तभी स्वरूप प्रतिष्ठारूप मुक्ति होती है। (तद्वैराग्यादपि दोष-बीजक्षये कैवल्यम्।[२]) कैवल्यावस्था में अविद्या का अभाव होने पर प्रकृति और पुरुष के सम्बन्ध का अभाव होता है, यह आत्यन्तिक बन्ध्यत्व ही कैवल्य या स्वरूप प्रतिष्ठा है।[३] किसी-किसी ज्ञानी की जीवन दशा में ही आत्मख्याति की स्थिरता और मिथ्याज्ञान शून्यता आती है। वे सात प्रकार की प्रान्तभूमि प्रज्ञा का अनुभव कर कुशल होते हैं; चित्त का अत्यन्त लय होने पर पुरुष कुशल या मुक्त होता है। क्योंकि वह गुणातीत हो जाता है। (सा. पा. व्या. भा. २७) प्रथम अवस्था जीवन्मुक्त है, द्वितीय कुशल विदेह मुक्त है, चित्त के लय से पूर्व जीवन्मुक्त अवस्था एवं शरीर के पात के साथ-साथ जब चित्त का भी लय हो जाता है तो इसको विदेह मुक्तावस्था कहा जाता है। कतिपय आचार्यों के मत में आनन्द या सुख प्रकृति का धर्म होने से कैवल्य में आनन्द की अभिव्यक्ति नहीं रहती है। पुरुष का स्व-स्वरूप अवस्थान चैतन्य स्वरूप है, अतः चैतन्यमय अवस्था की स्थिति ही कैवल्य या मुक्ति है।

योगदर्शन और ईश्वर

योगशास्त्र में चित्तवृत्ति निरोध के उपाय निरूपण प्रसङ्ग में अधिमात्र तीव्र संवेग के द्वारा समाधि आसन्नतम होती है—इसका निरूपण कर व्यासभाष्य में यह आकांक्षा की गई है कि क्या यही एकमात्र आसन्नतम समाधिलाभ का साधन है या इससे अन्य भी उपाय है—जिस उपाय के द्वारा आसन्नतम समाधि हो सकती है। इसी प्रसङ्ग में विकल्प रूप से अन्य उपाय का प्रदर्शन करते हुए सूत्रकार ने कहा है—ईश्वर के प्रणिधान से भी समाधि आसन्नतम होती है। "ईश्वरप्रणि-धानाद्वा"। (यो. सू. १।२३)

तत्त्ववैशारदीकार ने पूर्वोक्त भाष्य की व्याख्या करते हुए 'नवा' शब्द को निश्चयार्थक अव्यय स्वीकार कर इसी रूप में सूत्र की व्याख्या की है और इसी अर्थ में इसका समन्वय किया है। वार्तिककार ने "न वा" शब्द को पाणिनि व्याकरणस्थ

---

१. विभूतिपाद ५० व्या० सा०

२. वि० पा० ५०

३. सा० पाद २५

उपाधि के द्वारा ईश्वर स्वरूप की कल्पना की गई है, उसी प्रकार इस दर्शन में भी ईश्वर की भी सिद्धि हो सकती है, किन्तु यह भी कथन ठीक नहीं है। कारण, अतिरिक्त ईश्वर तत्त्व के स्वीकार करने की अपेक्षा उपाधि रहित अवस्था में चेतन पुरुष रूप जीव में ही ऐश्वर्य मानना चाहिए और इसी जीव का ऐश्वर्य मानकर तदनुसार श्रुति और स्मृति के कथन की उपपत्ति हो सकती है, अतः जीव से अतिरिक्त ईश्वर को स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार प्रधान और जीव से अतिरिक्त ईश्वर नहीं है—इस मत का समर्थन करने वाले सांख्यदर्शन का मत खण्डन करते हुए वार्त्तिककार ने कहा है—पूर्वोक्त सांख्य के आक्षेप का खण्डन करने के लिए ईश्वर स्वरूप का विश्लेषण करने के लिए इस "क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः" (पा० सू० १।२४) सूत्र की अवतारणा की है। भाष्य में इसका उत्थापन इन शब्दों के द्वारा किया गया है—"कोऽयमीश्वरो नामेति" शाङ्करभाष्य में अध्यास की स्थापना प्रसङ्ग में भी इन्हीं शब्दों से अध्यास का उत्थापन किया गया था—"कोऽयमध्यासो नामेति"। "किम्" शब्द का प्रयोग, जिज्ञासा आक्षेप आदि अनेक अर्थों में होता है। प्रकृत में वार्त्तिककार ने "किम्" शब्द का प्रयोग आक्षेप अर्थ में स्वीकार किया है। आक्षेप से अभिप्राय यह है कि ईश्वर क्या है? अर्थात् ईश्वर कुछ भी नहीं है, यह निरूपण योग्य ही नहीं है। अर्थात् पूर्वपक्षियों के मत में ईश्वर कुछ भी नहीं है, इस आक्षेप का निराकरण करने के लिए आगे का सूत्र दिया है, अथवा किम् शब्द के द्वारा ईश्वर के लक्षण की जिज्ञासा की है, अर्थात् ईश्वर का क्या लक्षण है—यह जिज्ञासा की है; अतः ईश्वर का लक्षण सूत्रकार ने कहा है[1]।

प्रकार इस मत्र मे जगत्कर्तृ शक्ति को अजा कहा गया है। इसी प्रकार साख्यमत मे विविध और बहुरूप जगत को एकमात्र प्रकृति से उत्पन्न मानते हुए उसे स्वरूपत उसे त्रिगुणात्मक अथवा बहुविध–स्वगत भेद से युक्त माना गया है। वैसे ही उक्त मत्र मे भी जगतजननीशक्ति रूप अजा को त्रिविध माना है। स्पष्ट है कि मत्र गे जगत का उपादान कारण प्रकृति को माना गया है, ईश्वर को नही। साख्मत के इस प्रसिद्ध सिद्धान्त के विषय मे साख्यसूत्र 'श्रुतिरापि 1zkkud k; BoL,[५२] मे जिस श्रुति का कथन है। वह आचार्य विज्ञानभिक्षु के मत मे भी सही है।

लेकिन शकराचार्य के मत मे अजा शब्द से साख्यमत अभिप्रेत नही होता है। यहाँ परमेश्वर से उत्पन्न तेजस, जल और पृथ्वी ही चतुर्विध प्राणी समूह को सृष्टि करने वाली 'अजा' है[५३] और स्पष्ट करते हुए ब्रह्मसूत्रभाष्य[५४] मे कहा गया है कि चूँकि छान्दोग्य उपनिषद् मे इन तीनो की उत्पत्ति परमतत्त्व से मानकर इन्हे क्रमश लाल, सफेद और काला कहा गया है। अत यही श्वेताश्वर उपनिषद् मे 'अजामेका लोहित शुक्ल कृष्णम्' इत्यादि द्वारा 'अजा' कहा गया है। परन्तु वाच्यार्थ के सम्भव न होने पर ही लक्ष्यार्थ लेना उचित है और न्याय सगत होगा। फिर 'मायां तु प्रकृति विद्यान्मायिन तु महेश्वरम्'[५५] तथा 'योमोनियोनिमधितिष्ठत्येक'[५६] इत्यादि मत्रो के द्वारा भी उसी परमेश्वर रूप शक्ति की अभिव्यक्ति होती है। किसी स्वतत्र प्रकृति की सिद्धि नही होती है। यही बात शकराचार्य कठोपनिषद्भाष्म मे भी कहते है, यद्यपि कठोपनिषद् मे इस से कम बाह्य दृष्टि से तो साख्यदर्शन के महत्, अव्यक्त आदि पारिभाषिक पदो का उल्लेख मिलता है। जैसे 'महत परमव्यक्तमव्यक्तात् पुरुष पर'।[५७] परन्तु इसके विरुद्ध शकराचार्य कहते है कि यहाँ 'अव्यक्त' परमात्मा की ही सर्वधारण सामर्थ्यवान अनन्तशक्ति उसी की कारणावस्था माना है न कि साख्य के प्रधान की भाति कोई पृथक् स्वतत्र तत्त्व। इसी 'अव्यक्त' को श्वेताश्वर उपनिषद् मे शक्ति, माया, प्रकृति, प्रधान आदि कहा गया है। किन्तु इससे यह स्पष्ट है कि त्रिरूप जगद्योनि का जो सिद्धान्त छान्दोग्य आदि श्रुतियो मे वर्णित है। वह भाष्यकार शकराचार्य को भी मान्य है। छान्दोग्य उपनिषद् का 'तेजोऽबन्न' एक नही, तीन है। फिर यह 'अज' नही, अपितु ब्रह्म से उत्पन्न है, जबकि सांख्य की प्रकृति त्रिगुणात्मक होकर भी तीन नही, एक ही है। जो अज और अनादि है। वहीं श्वेताश्वर उपनिषद् जगत के उपादान कारण रूप त्रिगुण शक्ति के अज और एक ही मानता है। हॉ, यह बात और है कि वह इस अज शक्ति को ब्रह्म या परमेश्वर की

शक्ति मानता है।[५८]

डॉ० आद्या प्रसाद मिश्र का विचार है कि पूर्वोक्त समानताओ के कारण साख्य की प्रकृति सम्बन्धी धारणा छान्दोग्य और श्वेताश्वर उपनिषद् के बीच की कडी हो सकती है। दूसरे शब्दो मे श्वेताश्वरोक्त त्रैगण्य, तथापि एक एव अज अनादि रूप प्रकृति सम्बन्धी मत छान्दोग्योक्त त्रिरूप "तेजाऽबन्न"[५९] से सीधे विकसित न मानकर साख्योक्त त्रिगुणात्मक अजा प्रकृति के द्वारा ही विकासत मानना अधिक युक्तियुक्त लगता है। श्वेताश्वर उपनिषद् मे साख्य सम्बन्धी स्पष्ट है कि साख्य इस त्रुटि के समय से पहले ही वर्तमान रहा होगा। किन्तु शकराचार्य प्रभृति विद्वानो के मतानुसार साख्य और 'कपिल' इत्यादि पदो के लिए साख्यशास्त्र के प्रवर्तक सबसे अधिक श्वेताश्वर उपनिषद् के ही ऋणी हैं। जो भी हो, परन्तु उपरोक्त तर्कों से एक बात स्वमेव सिद्ध है कि शकराचार्य आदि के भगीरथ प्रयत्न के बावजूद साख्य की त्रिगुणात्मिका प्रकृति अश्रौत अर्थात् अवैदिक सिद्ध नही होती है। यह ठीक है कि साख्य का यह प्रकृतिवाद श्रुति सम्मत एतद्विषयक सिद्धान्त का अनुकारण मात्र नही है, बल्कि उससे स्वतत्र रूप से विकसति है यही कारण है कि उससे भिन्न है। वेदान्त सूत्रो के कर्ता बादरायण, व्यास से भी पूर्ण मौलिक साख्य निरीश्वरवादी हो गया था। यह मत सूत्रो के तर्कवाद मे साख्य के निरीश्वर प्रकृतिवाद के खण्डन से प्रसिद्ध होता है। चूँकि साख्य अपने प्रादुर्भाव या उद्‌भव के समय से ही एक पृथक् प्रस्थान माना जाता रहा है। यही कारण है कि यह इसका उपनिषदो से कुछ न कुछ भेद बना रहा है। यही नही, अपितु जब मूल साख्य कभी ईश्वरवादी रहा होगा तो भी उसकी प्रकृति ईश्वर की शक्ति न होकर उससे पृथक् एक स्वतत्र तत्त्व रही होगी।[६०]

शकराचार्य स्वय को श्रुतिवादी एव सम्प्रदायविद् उद्‌घोषित करते हुए अपने भाष्यो को भी श्रुतिपरक तदुनसारी कहा है। परन्तु इसके विपरीत साख्य श्रुतियो का भाष्य न होकर स्वतत्र विकास है। इस स्वतंत्रता के लिए स्वय श्रुतियो मे भी पर्याप्त अवकाश एव छूट है। इसी का परिणाम है कि महर्षि बादरायण स्वय अपने पूर्ववर्ती आचार्यों से भिन्न मत व्यक्त करते है। उपनिषद् मे आत्मा जैसे भेदवाद, अभेदवाद या भेदाभेदवाद आदि। इन सब मतो के अनन्तर स्वामी दयानन्द सरस्वती ने भी द्वैतवाद को श्रुति सम्मत ही मानते है।[६१] साख्यमत के सम्बन्ध मे

विवाद के सन्दर्भ मे डॉ० कीथ[६२] और पुलिन बिहारी चक्रवर्ती[६३] ने पुनर्जन्म सिद्धान्त और निराशावाद के लिए साख्य को बौद्धधर्म का उपजीवी मानते है। ये ऐसा विचार इसलिए व्यक्त करते है क्योकि इनके मत मे साख्य मत मैत्रायणी सहिता से विकसित हुई है। यही नही, डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन्[६४] भी कुछ अश तक इस मत रो सहमत दिखते है। लेकिन ससार की वास्तविक सत्ता मानने वाला साख्य निराशावादी कैसे हो सकता है? यदि सासारिक सुख को सुखाभास मानने तथा आनन्द को प्रकृति के सत्वगुण का परिणाम मानकर दु ख सम्मिाश्रित बताते हुए त्रिगुण रो ऊपर परमनिश्रेयस को स्वीकार करने के कारण यदि साख्य निराशावादी है तो ऐसे मे सभी उपनिषद् निराशावादी होगे। तब फिर सुख की कसौटी पर केवल मीमासा दर्शन जो कर्ममीमासा भी कहलाता है, ही खरा उतरेगा। जिसकी कटु आलोचना साख्य और वेदान्त दोनो करते है। आनन्दमुक्त जीवन्मुक्ति को स्वीकार करने के कारण साख्य निराशावादी नही हो सकता है क्योकि श्रुतियो मे भी मुक्ति को 'नानन्द न निरानन्दम्' कहा गया है। सभी सत्ताओ को एकमात्र ब्रह्म मे समाहित कर मायोपजन्य मानने वाले अद्वैत वेदान्त की अपेक्षा प्रकृतिजन्य ससार को वास्तविक मानने वाला साख्य अधिक उन्नत, आशावादी, निरापद एव सामजस्य पूर्ण हो, इसे डा० कीथ भी स्वीकार करते है।[६५] शकराचार्य को परिणामवादी मानते हुए आर० जी० भण्डारकर यहाँ तक कहते है कि शकराचार्य द्वारा अपने परिणामवाद को विवर्तरूप मानना निराधार है।[६६] साख्य मत मे सूक्ष्मशरीर को विभिन्न प्रकार की भूमिकाओ मे कार्य करने वाले नट रूप मे उल्लिखित किया गया है। यह सूक्ष्मशरीर ''बुद्धि–अहकार–मन दशेन्द्रिय पचतन्मात्राए'' का सघात है। आत्मा को कर्ता सिद्ध करने के लिए 'सूक्ष्मशरीर' की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस सन्दर्भ मे लोकमान्य तिलक का मत है कि लिगशरीर के राम्बन्ध में साख्य मत और औपनिषदीय मत मे एक मत्य है।[६७]

श्वेताश्वर उपनिषद् के ''तथैकनेमि त्रिवृत्र षोऽशात शतर्धार विशाति प्रत्यराभि''[६८] मत्र सख्यात्मक वर्णनशैली में है। प्रो० कीथ उक्त निषयाभेद को अधिक महत्त्व न देते हुए 'सख्यात्मक वर्णन को बहुत कुछ ब्राह्मण सम्प्रदायो रो प्रभावित मानते है।[६९] लेकिन ऐसा मानना ठीक नही है क्योकि 'संख्यात्मक वर्णन' साख्य की अपनी विशेषता है। सांख्यसूत्रो पर आधारित जो 'तत्त्वसमास' नामक अत्यन्त लघु (मात्र २५ सूत्र) ग्रन्थ है उसमे से २२ सूत्रो में तत्त्वो का

विवेचन और विश्लेषण सख्याओ मे ही हुआ है। यही नही, 'साख्यप्रवचनसूत्र' और 'साख्यकारिका' मे भी विषयो का प्रतिपादन सख्याओ द्वारा ही हुआ है। अत श्वेताश्वर उपनिषद् को सख्यात्मक वर्णन के सदर्भ मे साख्यदर्शन से प्रभावित मानना उचित है। क्योकि जो जिस परम्परा का ग्रन्थ है उसी को मूल परम्परा से प्रभावित मानकर उसके प्रामाण्य के विषय मे सदेह प्रकट करना अनुचित है। अत यही कारण है कि प्रो० रिचर्ड गार्बे साख्य दर्शन को श्वेताश्वर उपनिषद् के पूर्व का मानते है।

साख्य दर्शन 'पुरुष' को परमार्थत शरीर के समान धर्मो से रहित मानते हुए सारा कारणकार्यभाव अचित् त्रिगुणात्मिका प्रकृति मे ही मानता है। प्रकृति के तीनो गुण प्रतिक्षण परिणामी होने के कारण निरन्तर अनन्त कार्य, अनन्त परिणाम, अनन्त परिवर्तन उत्पन्न करते रहते है, सभी कुछ उसी त्रिगुणात्मिका प्रकृति के परिणाम है। छान्दोग्य[७०] और वृहदारण्यक[७१] के उपनिषद् मे आत्मा का वही स्वरूप वर्णित है जो साख्य दर्शन मे माना गया है। यद्यपि अभि–भेद के कारण साख्य मत मे एकत्व को स्वीकार नही किया गया है, तथापि उसने समस्त आत्माओ के पारस्परिक एकत्व सम्बधी मत को 'वस्त्वेकत्व' अथवा 'व्यक्त्येकत्व' की दृष्टि से तो नही, अपितु 'जात्येकत्व'[७२] अर्थात् सामान्य चिन्मात्र की दृष्टि से स्वीकार किया है। इस प्रकार साख्य श्रुतियो के साथ अपने 'पुरुष बहुत्व सिद्धान्त' का समन्वय प्रकारान्तर से अवश्य प्रकट करती है। यही नही साख्य पुरूष को चिन्मात्र माना है, चिदानन्द रूप नही।[७३] आत्मा को आनन्द रूप मानने वाले श्रौत वचनो को साख्य दुखभाव का ही प्रतिपादक मानता है साख्यमत मे एक आत्मा को चिद्रूप और आनन्दरूप कहने से द्वित्त्व का भाव आता है। अत आत्मानन्द दुखाभाव रूप ही है। इस प्रकार साख्य मत मे आनन्दरूप आत्मा का श्रौत अभिप्राय 'आध्यात्मिक, अधिदैविक और आधिभौतिक त्रिविध दुखो से मुक्ति' ही है।[७४] इस प्रकार यहाँ भी साख्य मत श्रुति मतो से यथा कश्चित साम्य रखने का प्रमास करती है आगे साख्यमत है कि मोक्ष को श्रुति आनन्दरूप इसलिए अगीकार करती है, कि सासारिक बन्धनो मे पडे अज्ञजन उसकी ओर आकृष्ट हो।[७५] इस प्रकार साख्य के पुरुष, प्रकृति आदि सम्बन्धी मत श्रुतियो मे भी मिलते है और कुछ अश तक उनमें परस्पर साम्यता भी मिलती है। फिर भी उनमे परस्पर मतवैभिन्य का कारण है, रुचि–भेद और दृष्टिभेद से श्रुतियों को अत्यन्त प्रचीन काल से ही भिन्न–भिन्न प्रकार से समझा जाता रहा

है। अत कालान्तर मे ऐसे मतभेद और वैषम्य आ जाना कोई आश्चर्यजनक बात नही है।

यह ठीक है कि उपनिषद् मे साख्य के सकेतो को ढूढने के लिए उपलक्षण रीति को उपादेय बताया गया है, लेकिन सकेत खोजने मे अभेद स्थापन नही किया जाना चाहिए। जैसा कि प्रसिद्ध दार्शनिक अनीमा सेनगुप्ता इस तथ्य को नजर अदाज करके एकत्ववादी उपनिषद् मे एकत्ववादी साख्य को स्वीकार करती है। साख्य की तत्त्वमीमासा मे 'तत्त्व' को सार मात्र मानने से अलग हटकर प्रकृति और पुरुष दो तत्त्वो की सत्ता स्वीकार की है। तत्त्व के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए 'युक्तिदीपिका' मे आचार्य वार्षगण्य के मतावलम्बियो के कथन को ही भोजदेव कृत 'तत्त्वार्थप्रकाशिका' मे भी उद्धृत कर तत्त्व को प्रलय पर्यन्त रहने वाला तत्त्व माना है—

आ प्रलय तिष्ठति यत्सर्वेषा भोगदायि च भूतानाम्।
तत्तु तत्त्वामिति प्रोक्त, न शरीर घटादि तत्त्वमत ।।

यही नही, साख्य का द्वितत्त्ववाद वेद और उपनिषद् के साथ 'महाभारत मे' भी मिलता है। यही कारण है कि साख्य की प्रचीनता को ध्यान मे रख्ते हुए लोकमान्य तिलक सम्भावनाओ को आगिग रूप से स्वीकार करते हुए साख्य को सर्वप्राचीन दर्शन मानते है, जो वैदिक परम्परा मे ही विकसित हुआ।[७६] प्रो० गार्बे भी कहते है कि कपिल के ही सिद्धान्त मे सर्वप्रथम मानव मन को पूर्ण स्वतत्रता मिली और उसकी दार्शनिक शक्ति का प्रथम प्रकाशन हुआ।[७७] यही कारण है कि उपनिषद् परम्पराभूत दर्शन पर विचार करते हुए मैक्समूलर[७८] ओर पुशत्कर[७९] साख्य को भी सभी भारतीय विचारों का उपजीव्य माना है। औपनिषदीय पदावली की ही भाति साख्य के पदो का भी प्रयोग सस्कृत भाषा के लगभग सभी साहित्य मे अविकल एव असकृत् रूप से हुआ है। परिणामस्वरूप कुछ लोग उपनिषद् और साख्य को समानान्तर मान लेते है। यद्यपि यह सत्य है कि साख्य सर्वत्र अपने स्वरूप मे नही मिलता है जिसका कारण है कथन का प्रकार जनश्रुति के आधार पर प्राप्त ज्ञान अथवा प्रतिपाद्य का स्वरूप।

सांख्यदर्शन आस्तिक दर्शन है, अथवा नही, यह विवाद का विषय है। मनु के मत मे वेद के प्रामाण्य को मानने वाला ही आस्तिक है।[८०] साख्य आगम प्रमाणवादी है इसलिए वह आस्तिक

दर्शन है। यद्यपि ईश्वरवादी विचारकगण साख्य को आस्तिक दर्शन की परिधि मे स्वीकार नही करते है।[८१] लेकिन भाट्टमीमासक कुमारिल भट्ट साख्य–योग, पाशुपत, पाचरात्र आदि को बौद्धदर्शन की ही भाति वेद विरुद्ध मानते है।[८२] क्योकि साख्य यज्ञ मे पशुबलि को स्वीकार नही करते है। वही दूसरी ओर भीमाचार्य ने 'न्यायकोष' मे 'परलोकाद्यास्तित्ववादी' को आस्तिक और 'वेदमार्गमननुरुन्धान' को नास्तिक मानते हुए अद्वैत वेदान्त को भी साख्य के समान ही नास्तिक माना है। लेकिन आगम प्रमाणवाद के आधार पर साख्य और वेदान्त आस्तिक है। सत्वादिगुणो के कारण ऊर्ध्वाध लोको (परलोक अर्थात् पुनर्जन्म सम्बन्धी मत) की स्थिति साख्य का विश्वास है। लेकिन यह सब साख्य मत मे त्रिगुण प्रकृति के अन्दर ही है, परम नि श्रेयस या कैवल्य की प्राप्ति त्रिगुण के त्याग पर ही प्राप्य है। प्रो० कीथ भी साख्य को आस्तिक दर्शन मानते है। यहॉ तक की आचार्य पचशिख ने महाभारत[८३] मे वेद निन्दक की आलोचना की है। डा० राधाकृष्णन् के अनुसार महाकाव्य मे वर्णित साख्य दर्शन ईश्वरवादी है। परिणामस्वरूप आप २४ तत्त्वो वाले साख्य को 26 तत्त्वो वाले (26वा ईश्वर) दर्शन से बाद का मानते है।[८४] लेकिन इसके विपरीत डा० सुरेन्द्र नाथ दासगुप्त 24 तत्त्व वाले साख्य को ही सर्व प्राचीन मानते है। लेकिन तत्त्व–सख्या के आधार पर साख्य की प्रचीनता सिद्ध करना इतना दुरुह कार्य था कि प्रो० हिरियन्ना ने साख्य के इतिहास को अन्धकारमय कहकर टाल गए है।[८५] अत प्रो० हिरियन्ना डा० राधाकृष्णन् के इस मत से सहमत है कि साख्य आज एक जीवित विश्वास नही है।[८६] यह ठीक है कि सृष्टिपदार्थो के आधुनिक सश्लेषण और विश्लेषण की पद्धति तथा अनुसधान यत्रो का ज्ञान आदि विद्धान कपिल महर्षि को भले ही न रहा हो, लेकिन यह कम आश्चर्यजनक नही है कि साख्य और अर्वाचीन आधिभौतिकशास्त्र मे तत्त्वत समानता है। आज सृष्टि को सुसम्बद्ध किया जा सकता है किन्तु यह भी सच है कि अव्यक्त प्रकति से अनेक विध सृष्टि के निकास के विषय मे कपिल की अपेक्षा कुछ अधिक बताया भी नही जा सकता है। इस स्थिति मे भी साख्य को एक जीवित विश्वास न मानते हुए उसकी प्राचीनता पर सन्देह करना असगतपूर्ण तथ्य है।[८७]

प० श्री कृष्ण शास्त्री तैलग 'साख्यशास्त्र के कर्ता' नामक शीर्षक और महाभारत के टीकाकार नीलकण्ठ कृत 'भारतभावदीप'[८८] में साख्य को वेदान्त दर्शन के रूप मे स्वीकार किया

गया है, साथ मे महर्षि कपिल को इसका उपदेष्टा मानते हुए इस दर्शन को सेश्वर माना हे। इस भ्रम का कारण है महाभारतीय साख्य का सेश्वर होना और यहाँ प्रकृति का ईश्वर से पृथक् तत्त्व होने पर भी उसके सर्वथा अधीन होने के कारण अश, शरीर, कार्य इत्यादि रूप मे कल्पित और कथित है। यही भ्रम शकरभाष्य के टीकाकार गोविन्दानन्द कृत 'रत्नप्रभा'[८६] मे भी व्यक्त होती है। यहाँ टीकाकार ने दो प्रकार के साख्य माने है (1) वैदिक साख्य और (2) अवैदिक साख्य। इसी प्रकार पद्मपुराण मे दो कपिल का उल्लेख है, जिसमे एक को वैदिक साख्य का और दूसरे को अवैदिक अर्थात् वेदविरूद्ध साख्य का उपदेश देते हुए बताया गया है।[६०] इसका कारण है ब्रह्मसूत्रभाष्य[६१] मे श्वेताश्वरउपनिषद्[६२] के सम्बन्ध मे श्वेताश्वर कथित साख्य को वेद विरुद्ध कहा गया है, और इससे सम्बद्ध कपिल को विष्णु अवतार वासुदेव कपिल, जिसे अनेक ग्रन्थो मे साख्य प्रणेता माना गया है, से भिन्न माना गया है।

प्रकृति या ज्ञान के साधन को महत्व देने वाले पुराण एव महाभारत म प्रकृतिवादी कहा गया है, जो साख्य का ही वाचक है।[६३] विष्णुपुराण, जिसे डा० राधाकृष्णन महापुराणो मे मानने का आग्रह करते है, मे शिव और ब्रह्म दोनो प्रकृति को ही सक्रिय तथा पुरुष को निष्क्रिय मानने वाले सिद्धान्त को 'साख्य' कहते है।[६४] इसी प्रकार गुणरत्न 'षड्दर्शनसमुच्चय' मे मौलिक साख्य को बहुप्रधानवादी माना गया है।[६५] प्रकृति और पुरुष के सयोग से प्रथमोत्पादित 'महत्' तत्त्व का उल्लेख 'विश्वात्मा' के रूप मे पुराणादि[६६] मे मिलता है जो साख्य की प्रकृति सिद्धान्त के अनुकूल है, यथा मत्स्यपुराण[६७] मे ब्रह्मा–विष्णु–महेश को 'महत्' से उत्पन्न माना गया है, जो क्रमश रजस–सत्व–तमस गुण की प्रधानता से युक्त है। इसी तरह वायु पुराण[६८] मे भी साख्य प्रतिपादित 'महत्' को ईश्वर या ब्रह्म माना गया है जो अपने अन्दर समस्त जीवनो और शरीरो को धारण किए हुए है तथा प्रत्येक व्यक्तित्व रूप जीव इस अनत विश्वात्मा का अशमात्र है। महाभारत[६९] मे प्रकृति जो परिवर्तित होती है को अविद्या और पुरुष जो सभी प्रकार के परिवर्तनो से उन्मुक्त है, को 'विद्या' कहा गया है।

श्रीमद्भागवद् पुराण के 'साख्य प्रकरण' मे महर्षि कपिल माता देवहूति से कहते है "माँ! जो पुरुष मुझमे चित्त लगाकर श्रद्धापूर्वक एक बार भी इस-साख्य ज्ञान को सुन लेता है अथवा दूसरे के

प्रति कथन करता है, वह मेरे परम पद को प्राप्त करता है'' ।[१००] यही नही, महत् तत्त्व को 'मत्स्यपुराण' मे ब्रह्मा की उपाधि भी माना गया है, जिससे वे सर्वज्ञ, सर्वेश्वर, सर्वकर्ता, सर्वपालक तथा सर्वसंहर्ता कहलाए।[१०१] महाभारत के शातिपर्व मे भी कहा गया है ''साख्य के समान कोई ज्ञान नही और योग के समान कोई बल नही[१०२] शकराचार्य साख्य दर्शन और उपनिषद् के बीच निहित भेदो को व्यक्त करते है, जैसे कि उपनिषद् के ईश्वरवाद के विपरीत साख्य निरीश्वरवादी है, उपनिषद् के प्रज्ञानात्मक ब्रह्माद्वयवाद के विपरीत साख्य का द्वैतवाद, उपनिषद् के विवर्तवाद के विपरीत प्रकृतिपरिणामवाद और उपनिषदीय एकात्मवाद को विपरीत साख्य का पुरुषबहुतत्त्ववाद। फिर ब्रह्मसूत्रभाष्य[१०३] मे कहते है ''अध्यात्मविषयक अनेक स्मृतियो के होने पर भी साख्ययोग स्मृतियो मे ही निराकरण मे प्रयत्न किया गया है क्योंकि ये दोनों लोक मे परमपुरुषार्थ के साधन के रूप मे प्रसिद्ध है शिष्ट महापुरुषो द्वारा गृहीत है तथा ''तत्कारण साख्ययोगभिपन्न ज्ञात्वा देव मुच्यते सर्वपाशै[१०४] इत्यादि श्रौत लिगो से युक्त है। प्रो० गार्बे का मत है कि साख्य दर्शन का उद्भव उपनिषदो के 'प्रज्ञानाद्वैतवाद' के विरुद्ध एक प्रतिक्रिया थी।[१०५] लेकिन यह मत उचित नहीं है, क्योकि कारिकाओ से पूर्व का साख्य मत औपनिषदीय धारणा के काफी करीब है फिर ऐसी मान्यता मात्र शकराचार्य की है कि उपनिषदो मे मात्र प्रज्ञानाद्वैतवाद ही है। जबकि ब्रह्मदत्र, भर्तृप्रपच भाष्कर इत्यादि वेदान्तियो ने औपनिषदीय धारणा को ब्रह्मपरिणामवादी बताया है, फिर प्रकृतिपरिणामवाद का विरोध कहाँ तक उचित है?

महाभारत मे अनेक स्थलो पर साख्य के सम्बन्ध मे ईश्वरवादी होने के साक्ष्य मिलते है। यहाँ तक कि शातिपर्व मे आचार्य आसुरि को अक्षर ब्रह्म का प्रतिपादक बताया गया है[१०६] और साख्य दार्शनिक के सम्बन्ध मे उनका 'यथा श्रुतिनिदर्शिन', 'ब्राह्मणस्तत्त्वदर्शिन'[१०७] इत्यादि कथन ईश्वरवादी होने की पुष्टि करता है। गीता मे भी साख्य के प्रकृति के अधिष्ठाता और प्रेरक रूप मे ईश्वर का कथन हुआ है – जैसे हे अर्जुन! मेरी अध्यक्षता मे ही प्रकृति चराचर जगत को उत्पन्न करती है और इस कारण से सृष्टिचक्र सदा घूमता रहता है।[१०८] इस प्रकार पुराण, महाभारत और गीता मे प्रकृति को परमेश्वर से अभिन्न बताते हुए उसका ही एक रूप या अश अथवा उससे ही उत्पन्न माना गया है। यही कारण है कि अनेक विद्वान इस साख्य परम्परा को विशुद्ध मौलिक साख्य मानने से इकार करते है। इस विषय मे लोकमान्य तिलक का मत है कि – ''महाभारत मे साख्य मत का निर्णय कई अध्यायो मे किया गया है। परन्तु उसमे वेदान्त

मतो का भी सम्मिश्रण हो गया है। इसलिए साख्य के शुद्ध साख्यमत को जानने के लिए दूसरे अन्य ग्रन्थो को भी देखने की आवश्यकता है। इस काम के लिए उक्त साख्यकारिका की अपेक्षा कोई भी अन्य अधिक प्राचीन ग्रन्थ इस सम्बन्ध मे उपलब्ध नही है।[१०९] यही नही, और आगे कहते है। गीता मे साख्यवादियो के द्वैत पर अद्वैत परब्रह्म की छाप लगी हुई है'।[११०] उक्त मत का समर्थन करते हुए प्रो० गार्बे भी मानते है कि साख्य एक स्वतत्र मस्तिष्क की उपज होने के साथ –साथ महाभारत के रचना के पूर्व ही विकसित हो चुका था।[१११] प्रो० जैकोबी साख्य दर्शन को भौतिकवादी मानते हुए इसका विकास औपनिषदीय परम्परा से मानने का विरोध करते है, लेकिन डा० कीथ इसके विरुद्ध कहते है, स्पष्टत साख्य विशुद्ध अमिश्रित भौतिकवादी विचारधारा से कदापि कथमपि विकसित नही हो सकता। इसका जन्म तथा विकास ऐसे भौतिकवाद से मानना पडेगा जिसका पूरक अध्यात्मवाद रहा हो। इस प्रकार फिर वही समस्या हमारे समक्ष उपस्थित होती है कि भौतिकतत्वो के विरुद्ध पुरुषो की सत्ता स्थापित करने वाली विचारधारा कहाँ से आई? इसका सरल और स्पष्ट उत्तर है कि यह विचारधारा उपनिषदो से ही विकसित हुई है।[११२] जैकोबी महोदय का यह विचार कि साख्य एक पूर्ववर्ती भौतिकवादी सप्रदाय का ही परिष्कृत रूप है, प्रमाणित नही होता है। परमार्थ सत्ता तथा आत्मा के स्वातत्र्य पर आग्रह रहने के कारण साख्य ने मानसिक प्रतीति सबधी समस्त भौतिकवादी विचारो के विरुद्ध प्रचार को अपना लक्ष्य बनाया साख्व के विकास मे हमे कोई भी अवस्था ऐसी प्रतीत नही होती। जहाँ पर इसका भौतिकवाद के साथ साम्य प्रदर्शित किया जा सके।[११३]

अश्वघोष के 'बुद्धचारित' मे हमे महात्मा बुद्ध तथा उनके भूतपूर्व शिक्षक 'अराड' की भेट का वर्णन मिलता है, जो साख्यसिद्धान्तो को मानता था। यद्यपि उनमे ईश्वरवादिता का प्रभाव था। यह अधिक संभव प्रतीक होता है कि साख्य का सबसे पूर्व का रूप एक प्रकार का यथार्थवादी ईश्वरवाद था, जो उपनिषदो के विशिष्टाद्वैत के समीप पहुँचता है। साख्य के इस प्रकार के रूप को तो उपनिषदो के उपदेशो का युक्तियुक्त परिष्कृत रूप माना जा सकता है। किन्तु द्वैतवादी साख्य को, जो पुरुषो के अनेकत्व तथा प्रकृति की स्वतत्रता पर बल देता है, और परमतत्व के वर्णन को बिल्कुल छोड देता है, उपनिषदो की शिक्षाओ के अनुरूप किसी भी अवस्था मे नही कहा जा सकता। प्रश्न उठता है कि साख्य ने तो परमतत्त्व के सिद्धान्त को

सर्वथा छोड दिया, वह कैसे हुआ क्योकि इसको साथ लेकर ही तो साख्य दर्शन को सतोष जनक माना जा सकता था। बौद्धदर्शन के उदय के पश्चात् तक साख्य ने एक सुव्यवस्थित दर्शन का रूप धारण नही किया था। जब बौद्धधर्म ने यथार्थवाद को चुनौती दी, तो साख्य ने उस चुनौती को स्वीकार किया। परिणामस्वरूप साख्य ने आत्माओ तथा प्रमेय पदार्थों की यथार्थता के पक्ष मे युक्तियुक्त आधार पर तर्क उपस्थित किया। जब इस दर्शन का विकास विशुद्ध युक्तियुक्त आधार पर हुआ तो इसे बाध्य होकर यह स्वीकार करना पडा कि ईश्वर की सिद्धि मे कोई प्रमाण नही है।[११४] 'विष्णुसहस्रनाम' की व्याख्या करते हुए शकराचार्य 'व्यास स्मृति' के एक श्लोक[११५] को उद्धृत करते है, जिसके अनुसार साख्य 'शुद्धात्मतत्त्व विज्ञान' है। अपने सैद्धान्तिक पर्यवेक्षण के द्वारा आत्मा को निष्फल, निष्क्रिय, निरवद्य, प्रकृति व्यतिरिक्त आदि सिद्ध करने के कारण साख्यशास्त्र का यह नाम अन्वर्थक है।

ब्रह्मसूत्र के रचनाकार महर्षि बादरायण और उसके भाष्यकार शकराचार्य ने तर्कवाद मे साख्य का युक्तिपूर्वक खडन करने के साथ कई स्थानो पर साख्य के उपनिषदमूलक होने का भी खण्डन किया है।[११६] शकराचार्य साख्य को वेदान्त का 'प्रधानमल्ल' (प्रमुख प्रतिपक्षी) मानते है। उनके अनुसार साख्य द्वैतवादी होने के कारण श्रुतिमूलक (उपनिषद्) नही है इस खण्डन विवाद का कारण ऐसा लगता है कि साख्य इसके पूर्व श्रुतिमूलक माना जाता रहा हो। अत सभावना है कि सांख्य अपने प्रारभिक रूप मे श्रुतिमूलक और ईश्वरवादी रहा हो। बाद मे बौद्ध–जैन के प्रभाव के कारण निरीश्वरवादी और वस्तुवादी हो गया हो।[११७] यद्यपि साख्य निरीश्वरवादी और द्वैतवादी भले हो गया हो। लेकिन (14वी–16वी सदी) मे साख्य को उसके श्रुतिमूलक होने की धारणा शंकराचार्य के एक अन्य खण्डन विद्या मे झलकती है।[११८] यह अवश्य है कि साख्य मत का जो एक मात्र प्रतिनिधि ग्रन्थ माना जाता है, वह 'साख्य कारिका' है। जो द्वैतवादी, निरीश्वरवादी और वस्तुवादी साख्य का उल्लेख करती है, फिर सांख्य परम्परा उपनिषदीय परम्परा से भी पुरानी थी। अत उसके कुछ मामलो मे उत्तर होना स्वाभाविक है। एक लम्बे समयोपरान्त सांख्यप्रवचनसूत्र और उसके भाष्य (१४वी–१६वी सदी) मे साख्य को ईश्वरवादी मानने की वकालत की गई थी।

स्पष्ट है कि साख्य के प्रारम्भिक स्वरूप के सबध मे मतभेद है। लेकिन यह सच है कि साख्यदर्शन अपने अस्पष्ट वैज्ञानिक स्वरूप के साथ अत्यन्त प्रचीन काल से विद्यमान रहा है। फिर भी किसी अकाट्य प्रमाण के अभाव मे इसका उद्भव काल का निर्धारण मुश्किल ही नही, असम्भव भी प्रतीत होता है।

पाद टिप्पणी .

१ – द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समान वृक्ष परिषस्वजाते। तयोस्य पिप्पल स्वाद्वत्त्यशनन्नन्योऽभि चाकशीति।।

ऋग्वेद – १/१६४/१२०।।

२ –Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-I, pp -81-85

३ – ऋग्वेद १०/२७/१६

४ – Origin & development of Samkhya system of thought, pp, 6-7

५ – Journal of Vadic studies, vol-I, Pt -II, The Vedas and their religious teaching, vol -I, pp-1-19

६ – शास्त्री, प० उदयवीर, साख्य दर्शन का इतिहास, पृ० – ६

७ – भागवद् पुराण – ३/२५/१

८ – महाभारत और पुराणो में साख्य दर्शन, पृ० – ३

६ – Origin & development of Samkhya system of thought, pp-25-28, 38-39, 44, 106

१०– History of Indian Philosophy, vol -I, pp-216-218, vol -III, pp- 470-475

११– वृहदा० उप० – २/४ व १४, ३/४ व २, ४/३ व १५, मुण्डकोपनिषद्–३/१

१२– कठोपनिषद् – ३/१६ व ११, ६/७ से ११

१३– प्रश्नोपनिषद – जिसके सोलह तत्त्वो की सत्ता के साथ साख्य के सूक्ष्म शरीर की तुलना। ऋग्वेद १०/१२/१, महाभारत – १२/३११,३

१४– Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-I, pp-129, Keith, Samkhya system, pp-14-15, E.N

नृसिंहतापनीय – 'गर्भ' तथा 'चूलिका मे सब साख्य के सिद्धान्तो से अत्यन्त प्रमाणित है।

१५– मैत्रायणी उप० – ३/२, छान्दोग्य उप० – ६/३

१६– मैत्रायणी उप० – २/५, ५/२ कुछ विद्वान तीनो गुणो के विचार को छान्दोग्य उपनिषद मे वर्णित तीन रगो से सबध समझते है, जिनकी पुनरावृत्ति श्वेताश्वर उपनिषद मे भी की गई है।

१७– मैत्रायणी उप० – ६/१०, Keith, Samkhya system, pp-60, साख्य मे ऐसा विषय विवरण सहित कम है, जो उपनिषदो मे किसी न किसी स्थान पर न मिल सके।

१८– Samkhya system, pp-59-61

१९– Samkhya system, pp-60, The great epic of India, pp-81ff, Garbe Samkhya Philosophy pp-3ff

२०– Origin & development of samkhya system of thought pp-26-29

२१– Glimpses of Upnishad, C H I, Vol-I, pp-64-71

२२– छान्दोग्य उपनिषद्– ४/१/४

२३– Glimpses of Upnishad, C,H,I, Vol-I, pp-70-74

२४– छान्दोग्य उपनिषद्– ६/३/३ और ४

२५– साख्य दर्शन का इतिहास, पृ० ४०–४१

२६– गीता रहस्य, पृ०– १५४–१६०

२७– वृहदारण्यक उपनिषद्– १/४/३

२८– वृहदारण्यक उप०– १/२/५ व १/४/६

२९– Evolution of Samkhya school of thought, pp-59-69, Birds eye view of Upnisad, Cambrindge history of India, Vol-I, pp-41-62

३०– Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-I, pp-213-214

३१– Samkhya system, p-7

३२– मिश्र, डॉ० आद्याप्रसाद, साख्य दर्शन का इतिहास, पृ०– २२–२५

३३– Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-I, pp-409-411

३४– महाभारत– १४/५०व८

३५– महाभारत–१२/३०६, ३६–४०

३६– महाभारत–१२/३०७, २०

३७– महाभारत – १२/३५०, २५–२६, १२/३५१, २–४

३८– महाभारत –१४/४०–४२

३६– महभारत –१२/२१६, १२/३२१,६६–११२,

४०– महाभारत– १२/२७४

४१– साख्य प्रवचन भाष्य– १/१२७

४२– योगभाष्य और तत्त्ववैशारदी– योगसूत्र १/३६ पर

४३– साख्य प्रवचन भाष्य– ६/६८

४४– मिश्र, डॉ० आद्यप्रसाद, साख्यदर्शन का इतिहास, पृ०– २७

४५– श्वेताश्वर उपनिषद्– ५/२

४६ – ब्रह्मसूत्र भाष्य– २/१/१

४७– श्वेताश्वर उप०– ५/२

४८– श्वेताश्वर उप०– ६/१३

४६– Samkhya system, p-46 ff

५०– Samkhya system, p-16

५१– श्वेताश्वर उपनिषद्– १/८, १/६व ४/५, १/१०, ४/१० और ४/६

५२– साख्यसूत्र– ५/१२

५३– श्वेताश्वर उपनिषद् भाष्य–'इदानीं तेजोऽबन्न लक्षण प्रकृतिछान्दोग्योपानिषत्प्रसिद्धामजारूपकल्पनया दर्शयति अजामेकामिति'

५४– ब्रह्मसूत्रभाष्य– १/४/६; श्वेताश्वर उपनिषद्– १/१ और १/३

५५– श्वेताश्वर उपनिषद्– ४/१०

५६– श्वेताश्वर उपनिषद्– ४/११

५७– कठोपनिषद्– ३/१०/११, साथ मे ६/७/११

५८– श्वेताश्वर उपनिषद्– १/६,४/५,१/१०

५६– छान्दोग्य उपनिषद्– ६/२/१३

६०–मिश्र, डॉ० आद्यप्रसाद, साख्य दर्शन का इतिहारा, पृ०– ३४–३५

६१– सत्यार्थ प्रकाश, खण्ड II, अध्याय IV-'प्रकृति ओर तीन गुण'

६२– Samkhya system, pp 18-20

६३– Origin & development of Samkhya of thought, ff 35-37

६४– Indian Philosopsy ,Pt- II , pp 250-251

६५– Samkhya system, p- 39 &fn

६६– Bhandarker commemoration vol, p-160

६७– गीता रहस्य, पृ०– ५२७–५२८

६८– श्वेताश्वर उपनिषद्– १/४

६९– Samkhya system, p-11

७०– छान्दोग्य उपनिषद्– एष आत्मा अपहतयाष्मा विजरो विमृत्युर्विशोकोऽविजिघत्सोऽपिपास (८/१/५)

७१– छान्दोग्य उपनिषद्– योऽशनायापिपासशोक मोह जरा मृत्युमत्येति (३/५/१)

७२– साख्य सूत्र –नाद्वैतश्रुतिविरोधो जातिपरत्वात्(१/१५४), नाद्वैतमात्मनो लिगात् तद्भेद प्रतीते (५/६१),

न श्रुति विरोधो रागिण वैराग्याय तत्सिद्धे (६/५१)

७३– नैकस्यानन्दाचिद्रपत्वे द्वयोर्भेदात् ।।साख्सूत्र–५/६६।।

७४– दुखनिवृत्तेगौर्ष· ।।साख्सूत्र–५/६७।।

७५– विमुक्ता प्रशसामन्दानाम् ।।साख्यसूत्र–५/६८।।

७६– गीता रहस्य, पृ०– १४६–१५०

७७– Philosophy of Ancient India, p- 30

७८– Six system of Indian Philosophy, p- 320 ff

७९– Studies in the Epics and Puranas, p-14

८०–"नास्तिको वेद निन्दक"।। मनु स्मृति– २/११६।।

८१– Indian philosophy vol -II, p 20

८२– तन्त्रवार्त्तिक – १/३/४

८३– महाभारत– १२/२१८

८४– Indian philosophy, Vol-II, p-253 fn3

८५– Outline of Indian philosophy, p-267

८६– Indian philosophy, vol -II p-23, Outline of Indian Philosophy, p-267

८७– गीता रहस्य, पृ०– १५२–१५३

८८– महाभारत. शातिपर्व– २१८/२०, २१ और ३००/२ की टीका पर

८९– "कपिल शब्द मात्रेण साख्यकर्त्ता श्रौत इति भ्रान्तिरयुक्ता, तस्य द्वैतवादिन सर्वज्ञत्व भोगात्। अत्र च सर्वज्ञान सम्भृतत्त्वेन श्रुत कपिलोवासुदेवाश एव। स हि सर्वात्मत्वज्ञान वैदिक साख्यमुपदि शतीति सर्वज्ञ इति भाव"

९०– ब्रह्मसूत्र भाष्य – २/१/१ पर डॉ० बेल्वकर की टिप्पणी, पृ० – ४

९१– ब्रह्मसूत्र भाष्य– २/१/१ "यातु श्रुति कपिलस्य ज्ञानातिशय प्रदर्शयन्ति, न तया श्रुति विरुद्धमपि कपिल मत श्रद्धातुशक्यम्, कपिलमति श्रुति सामान्यमात्रत्वात्, अन्यस्य च कपिलस्य सगरपुत्राणा प्रतप्तुर्वा सुदेवनाम्न स्मरणात्।

९२– श्वेताश्वर उपनिषद्– ५/२

९३– ज्ञानव्यक्तमित्युक्त ज्ञेयो वै पचविशक। तथैव ज्ञानमव्यक्तविज्ञातापचविशक।।ब्रह्मपुराण,२४३–२४६, महाभारत– १२/३०६/४० व १२/३०७/६

९४– Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-II, pp-664,Fn-3

९५– 'मौलिक साख्या हि आत्मानमात्मान प्रति पृथक् प्रधान वदन्ति'

९६– भागवत पुराण– १/३/२२३, अविज्ञेय ब्रह्माग्रे समवर्तत– विष्णुपुराण

९७– सविकारात् प्रधानातु महत्तत्व प्रजायते। महानित्य यत ख्यातिर्लोकाना जायते सदा।
गुणेभ्य क्षोभ्यमानेभ्यस्त्रयो देवा विजाज्ञिरे। एकमूर्तिस्त्रयो भागा ब्रह्मविष्णुमहेश्वरा ।।

९८– चौथा अध्याय, वायुपुराण

९९– महाभारत– १२/११४१९

१००– श्रीमद्भागवद् पुराण– ३/३२/४३

१०१– सविकारात्प्रधानात्तु महत्त्वमजायत। महानिती अत ख्यातिर्लोकाना जायते तदा।। मत्स्यपुराण।।

१०२–नास्ति साख्यसमज्ञानं, नास्ति योगसम बलं ।। महाभारत शातिपर्व–३१६/२।।

१०३–ब्रह्मसूत्र भाष्य– २/१/४

१०४— श्वेताश्वर उपनिषद्— ६/१३

१०५— Samkhya,pp-189, XI of Encyclopeadia of Religious & Ethics

१०६— महाभारत शान्तिपर्व — २१८/१४

१०७— महाभारत शान्तिपर्व — ३०२/२१

१०८— श्रीमद्भागवत् गीता — ६/१०

१०६— गीता रहस्य, प्रकरण "कपिल साख्य शास्त्र", पृ० — १६१

११०— १०६— गीता रहस्य, प्रकरण "कपिल साख्य शास्त्र", पृ० — १७५

१११— Samkhya Philosophy, pp-54-59

११२— Samkhya system, pp-58, Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-II, pp-251

११३— Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-II, pp-217

११४— Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-II, pp-219

११५— शुद्धात्मात्त्वविज्ञानम् साख्यमिति अभिधीयते — व्यासस्मृति

११६—ब्रह्मसूत्र भाष्य — १/४/१—३, १/१/५—११, २/१/१—३

११७— शर्मा, सी० डी०, भारतीय दर्शन आलोचन और अनुशीलन, पृ० — १३७

हिरियन्ना, भारतीय दर्शन की रूपरेखा, पृ० २६७

११८—ब्रह्मसूत्र भाष्य— २/२/१—१०

द्वितीय अध्याय

सांख्य दर्शन का विकास

साख्य दर्शन दार्शनिक विचारो के उदाहरण भारत मे अत्यन्त प्राचीन काल से प्राप्त होती है। जिसमे साख्याचार्यों की एक लम्बी गुरू–शिष्य परम्परा वेदिक काल से ही श्रुति प्रमाणित हे। साख्यमत की प्रतिष्ठा परमर्षि कपिल द्वारा गाना जाता हे, तदोपरान्त अनेक साख्याचार्यो ने इस मत को पोषित ओर पल्लवित किया, किन्तु आचार्य ईश्वर कृष्ण आज एक मात्र प्रमाणित कृतिकार हे, जिसके द्वारा साख्यमत की सुसबद्ध सेद्धान्तिक प्रतिष्ठा प्राप्त हुई,, साख्यमत के प्रमुख आचार्यो सबधी विवरण इस प्रकार हे –

(I) महर्षि कपिल

साख्य मत का प्रवर्तक महर्षि कपिल को माना जाता है, यद्यपि उनकी ऐतिहासिकता को लेकर अनिश्चय की स्थिति है। डा० कीथ[१] यह मानते हे कि महाकाव्य मे दार्शनिक विवेचन के सन्दर्भ मे महर्षि कपिल का स्थान महत्वपूर्ण हे। किन्तु वे महर्षि कपिल को ऐतिहासिक व्यक्ति नही मानते। उनके मत मे 'कपिल' पद का प्रयोग शकराचार्य ने 'हिरण्यगर्भ' के रूप मे किया हे तथा सस्कृत साहित्य मे कपिल की एकात्मकता अग्नि, विष्णु शिव आदि से की जाती है। डॉ० हरिदत्त शर्मा[२] भी मानते हे कि कपिल की ऐतिहासिकता के सबध मे कोई प्रबल प्रमाण नही मिलता। डा० एस० राधाकृष्णन् की ब्रह्मसुत, अग्न्यावतार, विष्णवातार आदि अनेक प्रकार के वर्णन देखकर महर्षि कपिल को आख्यानात्मक अर्थात् काल्पनिक ही मानते है। डा० कविराज[३] के अनुसार नाथ सम्प्रदाय तथा प्राचीन रसायनशास्त्र के अनुयायियो के साहित्य मे भी उनको 'सिद्ध' माना गया है। ऐसा ही मत भगवद्गीता मे भी मिलता हे। किसी न किसी रूप मे किए गये अपने वैयक्तिक प्रयत्नो से प्राप्त हुई, जन्म–सिद्धि के दृष्टात रूप से उनका प्रायेण उल्लेख किया जाता है। योगसूत्रभाष्य मे एक सूत्रात्मक उद्धरण[४] प्राप्त हुआ, जिसे आचार्य वाचस्पति मिश्र पचाशिखाचार्य को मानते है। जिससे स्पष्ट हाता हे कि कपिल महर्षि ने 'तन्त्र' अर्थात् गूढ ज्ञान (नागत साख्य सिद्धान्त अथवा षष्टितन्त्त) का उपदेश अपने जिज्ञासु शिष्य को दिया था। निर्माणकाय की कल्पना से ध्वनित होता हे कि गुरू का अपना कोई भौतिक शरीर नही था और इसलिए शिष्य आसुरि के सम्मुख उनका प्रकट होना कोई ऐतिहासिक घटना नही है किन्तु इस

अर्थ मे यह घटना नि सन्देह ऐतिहासिक थी कि शिष्य आसुरि एक ऐतिहासिक व्यक्ति थे, जिनके द्वारा साख्य मत का उद्धार काल विशेष मे होने वाली वास्तविक घटना थी। जिसका उल्लेख भागवद् पुराण[५] मे किया गया है।

डा० कविराज 'निर्माण चित्तधिष्ठाय'– के कारण महर्षि कपिल को लोक स्वीकृत अर्थ मे ऐतिहासिक नही मानते है। वे निर्माणचित्त पद का अर्थ निमार्णकाय करते है, इसे 'पाद टिप्पणी– मे स्पष्ट करते हुए कहते है कि 'निर्माणकाय' और 'निर्माणचित्त' वास्तव मे एक ही है। आचार्य पतजलि, व्यासदेव, पचशिख, उदयन आदि 'निर्माणकाय' का प्रयोग इसी अर्थ मे करते है। यही नही बौद्ध लेखको ने भी प्रचलित 'काय' शब्द का प्रयोग इसी अर्थ मे किया है। वास्तव मे सिद्ध चित् और काय की आश्चर्यजनक एकता उत्पन्न कर देती है, परिणामस्वरूप उससे उत्पन्न वस्तु 'चित्त' और 'काय' दोनो ही कही जा सकती है। निर्वाण प्राप्त करने के पूर्व महर्षि कपिल ने एक सिद्ध देह धारण किया था तथा शिष्य आसुरि को साख्य ज्ञान का रहस्य प्रदान करने के लिए उनके सम्मुख प्रकट हुए थे।[६] लेकिन अन्य अवतारो को ऐतिहासिक मानकर विष्णु को इस पञ्चम् अवतार, जिसका विस्तृत जीवन–परिचय भागवत पुराण के तीसरे स्कन्ध मे मिलता है, को अनैतिहासिक कैसे माना जा सकता है। दूसरी तरफ शिख्योपदेश घटना को ऐतिहासिक मानना परन्तु गुरू को अनैतिहासिक मानना अत्यन्त विरोधाभासपूर्ण हे। डा० कविराज महर्षि कपिल को सिद्ध–पुरुष मानकर स्वरचित अयोनिज शरीरवाला मानते है किन्तु शरीर को अभोतिक मानना सगतपूर्ण नही है।[७]

महर्षि पतजलि, व्यासदेव और वाचस्पति मिश्र निर्माणचित्त और निर्माणकाय को परस्पर भिन्न मानते है तथा निर्माणकाय अर्थात् सिद्ध देह को भी वे भौतिक ही मानते है। योगसूत्र मे[८] पॉच प्रकार के सिद्धियो–जन्म, ओषधि, मन्त्र, तप, समाधि का वर्णन है। इसमे प्रथम जन्मसिद्धि का उल्लेख महर्षि कपिल के सबध मे होता है। इसके स्वरूप के सबध मे योगसूत्रभाष्य मे 'देहान्तरिताजन्मनासिद्धि'[९] अर्थात् किसी जन्म गे सम्पादित एक अथवा अनेक विशिष्ट कर्मो के फलस्वरूप जन्मान्तर मे किसी दृष्ट साधन अथवा प्रयास के बिना ही परिचिन्तज्ञता, दूरदर्शन आदि विशिष्ट शक्तियो का अविर्भाव[१०] कहा गया है। यहाँ योगभाष्य[११] का मत है कि सिद्धि योगी जब अपने विद्यमान शरीर और इन्द्रियो मे परिणत करना चाहता है, तब उस दूसरी योनि के

शरीर और इन्द्रियो की प्रकृतियॉ–उनके उपादान कारण–उनकी उत्पत्ति मे सहायक होती है। इस सबध मे आचार्य वाचस्पति मिश्र भी मानते हे कि साख्ययोग के अनुसार सभी शरीरो की प्रकृति पृथ्वी इत्यादि भूत है और समस्त इन्द्रियो की प्रकृति 'अस्मिता' (अहकार) है और सिद्धि योगी भी अयोनिज सिद्ध देह की रचना पृथ्वी आदि भूतो से ही करता हे। ऐसे ही इनके निमार्णचित्त होते है, जो मौलिकचित्त से भिन्न होते हे। जेसा कि योगसूत्र मे माना गया है, इसके भाष्यकार व्यासदेव[१२] कहते है कि चित्त के उपादान कारण 'अस्मिता' को लेकर सिद्धयोगी स्वरचित शरीरो के लिए पृथक्–पृथक् चित्त की रचना करते है।

उदयनाचार्य भी मानते है कि निर्माणकाय को निर्माणचित्त का उपलक्षण समझना चाहिए, उससे अभिन्न नही है।[१३] इसके समर्थन मे भाष्यकार वात्स्यायन ने भी योगी के पृथक्–पृथक् इन्द्रियो तथा शरीरो की रचना का उल्लेख किया है।[१४] नैयायिक मन को नित्य मानकर मन और शरीर को पृथक् करते है और कहते है कि जब योगी सिद्धि के बल पर अयोनिज शरीर एव इन्द्रियो की रचना करता है, तो वह मुक्त आत्माओ के बेकार हुए मनो को लेकर पूर्वकृत कर्मो के फल के रूप मे विषयोपलब्धियो का भोग कर लेता हे। अत निर्माणकाय और निर्माण चित्त एक नही है। आचार्य हरिहरानन्द आरण्यक[१५] महर्षि कपिल को ऐतिहासिक मानते हुए शकराचार्य के उद्धवरण पर 'कपिल' को 'हिण्यगर्भ' से तादात्म्य कर अनेतिहासिक मानने का खण्डन करते हुए कहते है कि भगवान हिरण्यगर्भ योग के मूल वक्ता है, जैसा कि 'हिण्यगर्भोयोगस्यवक्ता–नान्यन पुरातन' इत्यादि उद्धरण महाभारत मे मिलते है। इस कथन मे 'हिरण्यगर्भ' शब्द परमर्षि कपिल का ही नामान्तर है, जैसाकि 'विद्यासदायवन्तमादित्यस्थ समाहित' इत्यादि अन्य महाभारतीय कथन मे कहा गया है कि 'हिरण्य' अर्थात् अत्युज्ज्वल प्रकाशशील ज्ञान है, 'गर्भ' अर्थात् आन्तरिक सार जिसका वह पूर्ण सिद्ध विश्वाधीश 'हिरण्यगर्भ' है। जन्मसिद्ध, धर्मज्ञान आदि गुणो की समता के कारण महर्षि कपिल का एक नाम 'हिरण्गर्भ' भी था।

प्राचीन भारतीय साहित्य मे महर्षि कपिल के अनेक रूपो का उल्लेख है। अत उनका व्यक्ति परिचय विवादास्पद रहा है। महर्षि कपिल को अग्न्यावतार अथवा ब्रह्मसुत अथवा विष्ण्वातार माना जाता है। श्वेताश्वर उपनिषद् मे साख्य दर्शन एव महर्षि कपिल का उल्लेख

साथ–साथ हुआ है।[१६] महाभारत के गीता[१७] ओर शान्तिपर्व[१८] मे महर्षि कपिल को साख्य मत का प्रवर्तक कहा गया है। वनपर्व के सगरोपाख्यान मे महर्षि कपिल को वासुदेव कहा गया है,[१९] तो वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड[२०] मे सगरपुत्र ओर वासुदेव कपिल–सबधी घटना का सविस्तार वर्णन हुआ है। यही नही, भागवद् पुराण मे कर्दम ऋषि ओर देवहुति से उत्पन्न 'कपिल' को विष्णु अवतार माना गया है, जो साख्य प्रवर्तक के रूप मे प्रसिद्ध हुए।[२१] लेकिन दूसरी ओर महाभारत[२२] और वायुपुराण[२३] के आधार पर महर्षि कपिल को अग्न्यावतार माना जाता है, तो महाभारत[२४] मे ही महर्षि कपिल को भगवान ब्रह्मा के सप्तपुत्रो मे से एक मानते है उन्हे साख्य विशारद द्वारा सज्ञापित किया गया हे। इस महाभारती मत के समर्थन मे गोडपादाचार्य 'साख्यकारिकाभाष्य मे 'इह' भगवान 'ब्रह्मसुतो कपिलोनाम' कहा है। द्वविशति–सूत्री 'तत्त्वसमास' की 'सर्वोपकारिणी' नामक टीका मे भी महाभारत की भॉति कपिल नामक दो पृथक्–पृथक् ऋषियो का उल्लेख है, जिसमे एक को 'तत्त्वसमास' का रचयिता तथा दूसरे को 'साख्यप्रवचनसूत्र' का रचयिता कहा गया है। इसमे पहले को विष्णु और दूसरे को अग्नि का अवतार माना गया है। प० श्री कृष्णशास्त्री तैलग महर्षि कपिल को ब्रह्मसुत मानते है, परन्तु अपने स्रोत का कोई उल्लेख नही करते, और न ही ऐसा मत ही कही मिलता है। क्योकि साख्यसग्रह ओर एशियाटिक सोसायटी बगाल के सग्रह मे सुरक्षित पाण्डुलिपि 'कपिलसूत्रवृत्ति' मे भी 'ब्रह्मसुत' पद का उल्लेख नही है। स्वय आचार्य भिक्षु अपने षड्अध्यायी 'साख्यप्रवचनसूत्रभाष्य' मे कहते है कि महर्षि कपिल वास्तव मे विष्णवतार ही थे ओर अग्नि तेज के कारण वे अग्न्यावतार वैसे ही कहलाये, जैसे श्रीकृष्ण को काल कहा गया। ऐसा लगता है कि महाभारत मे भी सगर पुत्रो को भष्म करने के कारण ही महर्षि कपिल अग्न्यावतार कहलाये, यही सहितार्थ भी था।[२५] प० उदयवीर शास्त्री भी यही मानते हुए अग्न्यावतार का निराकारण कर भगवान ब्रह्मा से वरदान और ज्ञान प्राप्त करने के कारण वे 'ब्रह्मसुत' नाम से लोकश्रुत हुए मानते है, जबकि वास्तव मे महर्षि कपिल, जो साख्य प्रवर्तक थे, विष्णु के अवतार थे।[२६]

शकराचार्य का मत है कि श्वेताश्वर उपनिषद्[२७] के आधार पर जिस कपिल का उल्लेख होता है, वेद विरुद्ध है। अत 'कपिल' नाम साम्य के आधार पर इन्हे साख्यप्रवर्तक नही माना जा सकता । वास्तव में यहॉ सगर पुत्रों को भष्म करने वाले वासुदेव 'कपिल' से भिन्न कपिल का

उल्लेख है।[२८] लेकिन टीकाकार आनन्दगिरि[२६] शकरभाष्य का अर्थ लगाते है कि श्वेताश्वर उपनिषद् मे वासुदेव कपिल का उल्लेख है, जो अवैदिक साख्य प्रणेता महर्षि कपिल से भिन्न है। लेकिन यह मत असगत है क्योकि महाभारत, भागवतपुराण आदि के कथन साख्य प्रणेता महर्षि कपिल को वेद विरुद्ध नही मानते है। यही कारण है कि प० उदयवीर शास्त्री ने उक्त मत मे भाष्यकार का स्वरूप नही माना है।[३०] शकराचार्य अपने भाष्य मे कहते है कि श्रुति[३१] मे आये कपिल का अर्थ 'हिरण्यगर्भ' है। लेकिन इसी पद का इस अर्थ के विकल्प रूप से लोक प्रसिद्ध परमर्षि कपिल अर्थ भी शकराचार्य करते है और अपने समर्थन मे विष्णु पुराण आदि से प्रमाणो को भी उद्धृत किया है।[३२] इस विरोधा पूर्ण स्थिति पर प० उदयवीर शास्त्री कहते है कि "इसलिए शकराचार्य ने ब्रह्मसुत्र भाज्य मे एक प्रसग[३३] के अनन्तर एक पक्ति 'अन्यार्थदर्शनस्य च प्राप्तिरहिस्यासाधकत्वात्', लिख दी है जिससे उनके ह्रदय का स्पष्टीकरण हो जाता है। स्पष्ट है कि इस श्वेताश्वर श्रृति मे साख्य का प्रसिद्ध प्रणेता महर्षि कपिल ही उपादेय है भले ही उसका उल्लेख प्रसगवश आया हो। वास्तव मे शकराचार्य के अनुसार उक्त दोनो अर्थ हिरण्यगर्भ और महर्षि कपिल से साख्यविदो का यह अभिप्रेत कथमपि सिद्ध नही होता कि साख्य दर्शन और उसके उपदेष्टा महर्षि कपिल श्रृति मे प्रामाणिक घोषित किए गये है लेकिन इससे शकराचार्य महर्षि कपिल की ऐतिहासिकता को अवश्य स्वीकार करते है। षड्दर्शन के व्याख्याकार आचार्य वाचस्पति मिश्र 'परमर्षिणा'[३४] का अर्थ कपिलेन करते है और सासाद्धिक भावो का उदाहरण देते हुए 'यथा सर्गादावादि विद्वान भगवान कपिलो ----------[३५] लिखते है। वही 'तत्त्ववैशारदी'[३६] मे महर्षि कपिल को विष्णु का पचम अवतार मानते हुए साख्य प्रणेता आदि विद्वान के रूप मे स्वीकार किया गया है, जिन्होने लोककल्याणार्थ आचार्य आसुरि को साख्य मत का उपदेश दिया था।

महर्षि कपिल की ऐतिहासिक स्वीकृत के बावजूद उनका काल निर्धारण एक कठिन कार्य है, परन्तु यह माना जाता है कि आप वर्तमान कल्प के किसी आदिम अर्थात् प्रागैतिहासिक काल मे अवतीर्ण हुए थे। किन्तु इनके जन्म स्थान के सबध किसी प्रकार का निश्चय करना अत्यन्त दुष्कर है, फिर यहाँ ऐसे विषयेतर प्रसग का उल्लेख करना उचित भी प्रतीत नही होता।

पचशिखसूत्र की पक्ति "आदिविद्वान निर्माण चित्तमधिष्ठाय कारुण्यादभगवान् परमर्षिरासुरये

जिज्ञासमानाय तत्र प्रोवाच'' सर्वाधिक प्राचीन और प्रामाणिक उद्धरण है, जिसमे महर्षि कपिल के उपदेश को 'तत्र' को कहा जाता है। इसके समर्थन मे आचार्य ईश्वर कृष्ण भी इस ज्ञान को 'तत्र' कहते है।[३७] आगे की दो अन्तिम कारिकाओ[३८] मे स्पष्ट करते है कि शिष्य परम्पराओ से प्राप्त हुए इस ज्ञान को आचार्य ईश्वर कृष्ण ने प्रस्तुत सत्तर आर्याओ द्वारा सक्षेप मे रख दिया है। इन सत्तर कारिकाओ मे जो पदार्थ निरूपित है, वे नि सदेह समस्त 'षष्ठितत्र' नामक ग्रन्थ के ही प्रतिपाद्य विषय है। केवल उसकी आख्यायिकाए तथा परमत खण्डन इसमे नही है । अत स्पष्ट है कि उक्त 'तत्र' का तात्पर्य ''षष्ठितत्र'' स ही है, जिसके महर्षि कपिल प्रथम उपदेष्टा थे। अत्यन्त प्राचीन टीका 'मुक्तिदीपका' मे भी कपिलोक्त दर्शन के लिए 'तत्र' शब्द का ही प्रयोग किया गया है।[३९] जिसमे 'पारमर्षस्यतत्रस्य' मे 'पारमर्ष' महर्षि कपिल के लिए आया है, और तत्र शब्द उनके दर्शन के लिए। ब्रह्मसूत्र के भाष्यकार शकराचार्य[४०] 'स्मृति' की व्याख्या करते हुए महर्षि कपिल द्वारा प्रणीत तत्र नामक स्मृति का उल्लेख करते है।

'कल्पसूत्र' नामक जैनग्रन्थ के प्रथम प्रकरण मे महावीर स्वामी को 'सट्ठितन्त्र विसारये' कहा गया है, जिसका अर्थ व्याख्याकार यशोविजय 'षट्टितन्त्र कपिलशास्त्र तत्र विशारद पण्डित' अर्थात् महावीर स्वामी ने कपिलशास्त्र षष्टितंत्र मे विशेष योग्यता प्राप्त की, करते है। पाचरात्र की सर्वप्रसिद्ध कृति अहिर्बुध्न्यसहिता[४१] के बारहवे अध्याय मे कहा गया है कि 'अत्यन्त प्राचीन काल मे भगवान विष्णु का सकल्प साख्य रूप मे कपिल ऋषि से जिस प्रकार से प्रकट हुआ था, वह सब मुझसे सुनो। महामुनि का वह 'साख्य' नामक शास्त्र साठ भागो वाला स्मृतितत्र कहा जाता है, यहॉ 'षष्टि भेद स्मृत तत्र' से षष्टितन्त्र ही अभिप्रेत है।

विद्वान गुणरत्न[४२] षष्टितत्रोद्धार का उल्लेख करते हुए आचार्य आसुरि द्वारा प्रचारित और आचार्य पचशिख द्वारा प्रतिपादित निरीश्वरीय साख्य सिद्धान्त को महर्षि कपिल की रचना मानते है, लेकिन इसका कोई निश्चित प्रमाण नही मिलता । आचार्य द्वय वाचस्पति मिश्र और नारायण तीर्थ के अनुसार 'षष्टितत्र' किसी निश्चित मत का ग्रन्थ न होकर साठ विषयो का समूह अथवा योजना का उल्लेख मात्र था। षष्टितत्र के सबध मे यही मत जैन ग्रथ 'अनुयोगद्वारसूत्र' मे भी मिलता है। अहिर्बुध्न्यसहिता[४३] के अनुसार साख्य ईश्वरवादी दर्शन है, जिसमे साठ विभाग है,

इस विभाग के भी दो भाग है, एक मे बत्तीस विभाग प्रकृति के और दूसरे मे अट्ठाइस विभाग विप्रकृति के है। तत्त्वकौमुदी[४४] मे राजवार्तिक का एक दृष्टान्त है, जिसके अनुसार षष्टितत्र नाम प्रकृति सबधी साठ विषयो का इसके एकत्व का ओर पुरुष से भेद आदि का प्रतिपादन करने के कारण पडा। एक चीनी परम्परा मे षष्टितत्र का रचनाकार आचार्य पचशिख को माना गया है तो कुछ अन्य लोग आचार्य वार्षगण्य को इसका कृतिकार मानते है।[४५]

कुछ लोगो के मत मे षष्टितत्र के कृतिकार महर्षि कपिल नही है, अपितु आचार्य पचशिख थे। पण्डित रामावतार शर्मा का मत है कि कारिका का 'बहुदाकृति तन्त्र'[४६] और 'समाख्यात'[४७] के आधार पर स्पष्ट है कि महर्षि कपिल ने केवल उपदेश दिया था, जबकि 'तन्त्र' की रचना आचार्य पचशिख ने किया था। यही नही, चीनी परम्परा मे भी षष्टितन्त्र को आचार्य पचशिख की कृति मानी गई है। लेकिन डॉ० कीथ[४८] और डॉ० हरदत्त शर्मा[४९] इसे भ्रान्तिपूर्ण मानते है। पडित उदयवीर शस्त्री के दो तर्क[५०] इस सबध मे अतिमहत्वपूर्ण है, एक तो उक्त कारिकाश मे 'बहुदा' शब्द है, जो गुरू–शिष्य की लम्बी परम्परा का द्योतक है, जिसका उल्लेख युक्तिदीपिका और माठरवृत्ति मे भी हुआ है। दूसरे आचार्य पचशिख स्वय अपने परम गुरू महर्षि कपिल के उपदेश को 'तत्र' कहते है। साख्यसप्तति की जयमगला द्वारा और स्पष्ट करते हुए इस विषय मे कहा है[५१] कि षष्टितत्र द्वारा प्रपिपादित साठ पदार्थो की आचार्य पचशिख ने एक एक खण्ड मे व्याख्या किया था। इस प्रकर आचार्य पचशिख 'तन्त्र' व्याख्याकार थे, कृतिकार नही। जबकि दूसरी ओर योगसूत्र के भाष्य[५२] पर टीका करते हुए आचार्य वाचस्पति मिश्र तत्त्ववैशारदी की अवतरणिका मे 'अत्रैव षष्टितन्त्रशास्त्रस्यानुशिष्टि' और ब्रह्मसूत्रभाष्य[५३] की व्याख्या करते हुए आचार्य मिश्र भामती की अवतरणिका मे 'अतएवयोगशास्त्र व्युत्पादयिताहस्य भगवान वार्षगण्य' लिखा है। उक्त दोनों के आधार पर वालराम उदासीन प्रभृति विद्वान षष्टितन्त्र के रचयिता आचार्य वार्षगण्य को मानते है, परन्तु यह कथन पूर्वोक्त विवेचन के विरुद्ध है। प्रो० हिरियन्ना[५४] और पडित उदयवीर शास्त्री[५५] भी मानते है कि षष्टितन्त्र के कृतिकार आचार्य वार्षगण्य नही, महर्षि कपिल थे। आचार्य वार्षगण्य भी आचार्य पचशिख की भॉति षष्ठितन्त्र के व्याख्याता हो सकते है। फिर भी यदि हम आचार्य पचशिख अथवा वार्षगण्य को तन्त्र का रचनाकार मान ले तो इससे तन्त्र को गद्यात्मक कृति माननी पडेगी। क्योकि योगभाष्य आदि ग्रन्थो मे उक्त दोनों

आचार्यो के जो उद्धारण मिलते है वे गद्य मे है। जबकि षष्टितन्त्र के प्राप्त उद्धरण श्लोकात्मक पद्य मे है जो आचार्य वाचस्पति मिश्र के तत्त्ववेशरदी ओर भामती मे उद्धृत है।

स्पस्ट है कि षष्टितन्त्र के मूलकृतिकार महर्षि कपिल ही थे। लेकिन मूल षष्टितत्र के उपलब्ध न होने के कारण प्रश्न उठता हे कि वर्तमान मे कोन–सा ग्रथ इसका प्रतिनिधित्व करता है? आचार्य ईश्वर कृष्ण का मत है कि महर्षि कपिल द्वारा आचार्य आसुरि को दिया गया उपदेश का सक्षिप्त रूप साख्यकारिका मे उद्धृत हे।[५६] जवकि सबसे पृथक् प० उदय वीर शास्त्री का मत है, जो षडाध्यायी 'साख्यप्रवचनसूत्र' को महर्षि कपिल कृत 'षष्टितन्त्र' मानते है और साख्यकारिका को इसी का सक्षिप्त रूप। क्योकि आचार्य ईश्वर कृष्ण की अडसठ कारिकाओं का सिद्धान्त भूत प्रतिपाद्य विषय साख्य–षडाध्यायी के प्रथम तीन अध्यायो का विस्तारपूर्वक वर्णन है, जिसका आचार्य ईश्वर कृष्ण ने उसी अनुपर्वो के साथ सक्षेप दिया है। स्वय आचार्य ईश्वरकृष्ण कहते है, मैने षष्ठितन्त्रोक्त आख्यायिकाओ और परवादो को छोड दिया है। जैसा कि चतुर्थ अध्याय मे आख्यायिका तथा पचषष्ठ अध्यायो मे पर वादो का वर्णन है।[५७] प० शास्त्री दो बातो के आधार पर साख्यसूत्र को अर्वाचीन सिद्ध करते है–एक तो साख्यसूत्र के उद्धरण प्राचीन ग्रथो मे नही मिलते और दूसरे साख्यसूत्र मे अनेक अर्वाचीन आचार्यो के नाम, उनके विचारो एव सिद्धान्तो का अनेकश उल्लेख हुआ।

ईस्वी चौदहवी शताब्दी के बाद साख्यसूत्र की रचना मानने के विपरीत पन्द्रहवी सदी के वृत्तिकार अनिरुद्ध ने इस पर 'वृत्ति' नाम से सर्वप्रथम व्याख्या करते हुए गथ के प्रारम्भ मे ही यह स्पष्ट[५८] कर देते है कि सूत्र के रचनाकार महर्षि कपिल ही है। इनके पश्चात् ऐसा ही मत आचार्य विज्ञानभिक्षु 'श्रुत्य विरोधिनीरूप पत्ती षडध्यायीरूपेण विवेक शास्त्रेण कपिलमूर्ति भगवानुपदिदेश' कहते हुए मानते है। टीकाकार आचार्य अप्यय दीक्षित[५९] १/७६ और १/१६ व १/७ को उद्धृत करते हुए महर्षि कपिल को ही साख्यसूत्र का कृतिकार मानते है। साख्यसूत्र का 'सत्वरजसतमसासाम्यावस्था प्रकृति'[६०] का उल्लेख सूत्रसहिता के टीकाकार माधवाचार्य 'तात्पर्यदीपिका' में 'अतएव साख्यरुच्यते सत्त्वरजस्तमोगुणाना साम्यवस्था मूलप्रकृति इति'' और साख्यकारिका मे टीकाकार गौडपाद 'सत्वरजस्त्मसा साम्यावस्था प्रधानम्' व 'प्रकृति सत्वरजस्तमसा

साम्यावस्था' कहकर व्याख्या करते है। यहाँ प० उदयवीर शास्त्री के अनुसार जो अर्थ सूत्र और कारिकाओ मे समान रूप से उपलब्ध होते है, उनके निर्देश के लिए माधवाचार्य ने अधिक प्रचार के कारण कारिकाओ को ही उद्धृत किया है, परन्तु जो अर्थ केवल सूत्रो मे ही है, उनके लिए सूत्र को उद्धृत करना पडा है।[६१] जैनाचार्य सिद्धर्षि जिनका समय नवी शदी का उत्तरार्द्ध है, ने 'उपमितिभव प्रपञ्चकथा' और न्यायवार्तिककार उद्योतकर जो छठी शदी के है, ने न्यायसूत्र ४–१–२१ भाष्य मे साख्य सूत्र के १/६१ के पूर्वोक्त अश का उल्लेख करते है। यही नही बल्कि इरा रूत्र का उल्लेख सुश्रुतराहिता[६२] और पाचरात्र के अहिर्बुध्न्यसहिता[६३] मे भी किया गया है।

एक अन्य सूत्र 'अणुपरिमाणतत्'[६४] के सन्दर्भ मे नैषधचरित मे विद्वान माल्लिनाथ ने 'अणुपरिमाणमनिसूत्रणात्'[६५] लिखा है। स्पष्ट है कि यहाँ साख्यसूत्र की ही बात की गयी है क्योकि न्यायवैशेषिक मन को विभु रूप मानते है। साख्यसूत्र की प्राचीनता का सबसे निश्चित और प्रबल प्रमाण न्यायसूत्र के आचार्य वात्स्यायन कृत भाष्य मे मिलता है। न्यायसूत्रभाष्य[६६] मे मन को भी इन्द्रिय बताकर तज्जन्य ज्ञान को 'इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्न माना गया है । लेकिन प्रश्न उठता है कि न्यायरात्र गे गन को इन्द्रिय नही गाना गया है औन न ही योगरात्र मे अथवा न ही अन्य किसी भारतीय दर्शन मे, साख्य दर्शन को छोडकर , आचार्य वात्स्यायन के अनुसार 'तत्रान्तर रागाचाराच्चैतत् प्रत्येतव्यग' अर्थात् 'दूरारे तन्त्र या शास्त्र मे ऐरा मिलता है' इससे स्पष्ट है कि यहाँ तन्त्र का अर्थ कारिका नही है क्योकि आचार्च वात्स्यायन आचार्य ईश्वरकृष्ण के पूर्ववर्ती थे, अत यहाँ साख्यसूत्र का ही सन्दर्भ है क्योंकि साख्सूत्र[६७] के 'कर्मेन्द्रिय बुद्धिन्द्रियैरान्तरमेकादशकम्' और 'उभयात्कम्मन ' के अनुसार मन को इन्द्रिय भी माना गया है। साख्याचार्य देवल, जिनकी प्राचीनता का प्रमाण पुराण, महाभारत और ब्रह्मसूत्रभाष्य के द्वारा सिद्ध है, के नाम से एक उद्धरण याज्ञवल्क्यस्मृति के व्याख्याकार अपरादित्य[६८] भी देते है। इस उद्धरण के 'अशक्तिरष्टाविशतिधा', 'तुष्टिर्नवधा' और 'सिद्धिरष्टधा' साख्यसूत्र[६९] मे तथा 'षोडश विकारा ' दशमूलिकार्था त्रिविधोवन्ध ' और 'त्रिविधिदु खम'् तत्वसमाससूत्र[७०] मे अक्षरस मिलते है, इसके साथ ही थोडे भेद के साथ अनेक सूत्र, साख्यसूत्र और तत्त्वसमाससूत्र मे मिलते है। आचार्य देवल का उद्धृत सन्दर्भ विद्वान अपरादित्य की व्याख्या के अतिरिक्त प लक्ष्मी धर भट्ट के 'कृत्यकल्पतरु' नामक ग्रन्थ के मोक्ष काण्ड मे भी उपलब्ध है और दोनो स्थलो के पाठो मे

कोई अन्तर नही है। पुनश्च साख्यप्रवचनसूत्र अर्थात् साख्य सूत्र की अर्वाचीनता को सिद्ध करने के लिए निम्न तर्क दिये जाते है –

(१) साख्यप्रवचनसूत्र मे कई ऐसे सूत्र है जो अन्य ग्रन्थो मे ज्यों के त्यो मिलते है। यथा 'आवृत्ति –रस' 'कृदुपदेशात्'[७१] ब्रह्मसूत्र का ४/१/१, 'वृत्तय पञ्चतथ्य क्लिष्टाक्लिष्टा'[७२] योगसूत्र का १/५, 'हेतुमनित्यमव्यपि सक्रियमनेकमाश्रितम् लिगम्'[७३] दसवी साख्यकारिका की प्रथम पक्ति, 'सामान्यकरणवृति प्राणाद्या पञ्चवायव,[७४] उन्नीसवी साख्यकारिका की द्वितीय पक्ति 'सात्विकमेका दशकम् प्रर्वतते वैक्रितादहकारात्,[७५] पच्चीसवी साख्यकारिका की प्रथम पक्ति जिसमे 'सात्विकैकादशक' मिलता है और आदेऽशन्ति योगइतिपचशिख' व 'अविवेक निमित्तो वा पञ्चशिख' आचार्य पञ्चशिख के नाम इन दो सूत्रो[७६] का उल्लेख किया जाता है, उक्त उद्धरण के आधार पर साख्यप्रवचनसूत्र को अर्वाचीन सिद्ध किया जाता है। प्रो० मैक्समूलर के अनुसार तत्त्वसमाससूत्र तो प्राचीन है किन्तु साख्यदार्शनिको द्वारा जिस श्रुति की अपेक्षा की जाती थी उसी की साख्यूत्रो मे बार–बार दुहाई दी गयी है।[७७] लेकिन यह मत असगत है श्रुतियो की अपनी स्वतन्त्र समझ के कारण साख्य को अवैदिक श्रुति विरुद्ध घोषित कर उसकी निन्दा की जाती है। इसी दृष्टि से देखने के कारण साख्यप्रवचनसूत्र मे श्रुति प्रमाण की मान्यता उस पर वेदान्त आदि श्रौत दर्शनो के परवर्ती प्रभाव का फल प्रतीत होता है। यही करण है कि प्रो० मैक्समूलर प्रभृति इसे अर्वाचीन मानते है। ऋषि वामदेव की प्राचीनता, प्राचीनतम् उपनिषद् वृहदारण्य मे 'तद्वयततपश्यन ऋर्षिवामदेव प्रतिपदेहमनुर्भवसूर्यश्य'[७८] से सिद्ध है। ऋषि वामदेव के ब्रह्म दर्शन के साथ होने वाले सर्वात्मभाव के लिए परोक्ष भूतकाल की सूचना देने वाले विहरुप 'प्रतिपदै' का ही प्रयोग हुआ है। जबकि ऋषि सदानन्द ब्रह्मसुत होने से और आचार्य पचशिख होने से महर्षि कपिल के समकालीन होगे।[७९]

(२) अर्वाचीन नगरो के नामोल्लेख वाले सूत्र[८०] जो वास्तव मे प्रक्षिप्त प्रतीत होते है, जैसे नवायाभ्यान्तर योरूपस्योपरंजकभावोपि देशभेदात् सुध्नपाटलिपुत्रस्थमोरि व'।

(३) जिन सूत्रो मे परवर्ती न्याय वैशेषिक आदि के नाम मत आदि के उल्लेख के साथ

खण्डन–मण्डन किया गया है। उसे उनके उदभव काल को देखते हुए साख्यप्रवचनसूत्र मे प्रक्षिप्त ही माने जा सकते है। प्रथम अध्याय के २५व सूत्र मे वैशेषिक दर्शन का उल्लेख किया गया है। प्रथम अध्यााय के एक से छठे सूत्र तक म मोक्ष और सात से १६वे तक मे बन्ध के स्वरूप पर विचार किया गया है।' 'ननित्यशुद्धबुद्धमुक्त स्वभावस्य तद्योगस्तयोगादृते'[८१] जिसका अर्थ है स्वभावत शुद्ध बुद्ध और मुक्त आत्मा का तद्योग (तद्+योग) अथार्त् बन्ध–योग अर्थात प्रकृति–योग के बिना नही हो सकता है लेकिन प्रश्न हे कि बिना निमित्त के यह प्रकृति योग कैसे सम्भव है? जिसके उत्तर मे सूत्रकार 'तद्योगाऽप्यविवेकान्तसमानत्वम्'[८२] अर्थात् तद्योग अविवेक के कारण होता है। शब्दकृत ओर अर्थकृत दोनो ही सबधो के आधार पर पहले सूत्र के ठीक अनन्तर दूसरा सूत्र आना चाहिए, इसलिए नि सन्देह रूप से कहा जा सकता है कि २०वे से ५४वें सूत्र तक कुल ३५ सूत्र प्रक्षिप्त हे। ये सूत्र पकरण विरुद्ध तथा पुनरुक्त आदि दोषो से मुक्त है, यही नही, इनकी पारस्परिक असंबद्धता इनके प्रतिपाद्य विषयो पर सामान्य दृष्टिपात करने से भी स्पष्ट हो जाती हे।[८३] जेसे अन्तिम सूत्र जिसमे न 'कर्मणाप्यतधर्मत्वात्'[८४] और 'अतिप्रसक्तिस्यधर्मत्व'[८५] को एक ही साथ १/१६ मे 'तथा न कर्मणान्यधर्मत्वादतिप्रशक्तेश्च' और 'निर्गुणादिश्रुतिविरोद्धश्चेति'[८६] को एक ही सूत्र मे 'असगोऽयम् पुरुषेति'[८७] कहा गया है। उक्त सूत्रो की पुनरुक्ति सिद्ध होती है। इसी प्रकार अनिरुद्ध वृत्ति मे १ /५२, १/५३, १/५४ क्रम है। किन्तु आचार्य विज्ञानभिक्षु १/५३ के 'इति' पाठ के असगत के कारण इसे १/५४ कर दिया है एव अनिरुद्धवृत्ति के १/५४ को १/५३ किया गया है। फिर भी 'इति' पाठ प्रसग से सगतपूर्ण नही है।[८८]

साख्यसूत्र का पाचवॉ प्रकरण 'मुक्ति' प्रकरण हे जो ७४ से ११६ वे सूत्र तक चलता है इसमे ७६, ८० और ८४ से ११५ तक सूत्र प्रक्षिप्त जान पडते है। ७६ वॉ एव ८० वॉ सूत्र क्रमश ७८ व ८३वे सूत्र के समान भाववाले है जबकि इनमे ८४वॉ सूत्र २/२०वे और १०३वॉ सूत्र ३/११ व १२ के आधार पर पुनरुक्ति है। इसी प्रकार १०४ से ११० तक सूत्र २/२०–३३ के सूत्रो के पुनरुक्ति है, जो इन्द्रिय, उनकी वृत्ति तथा रचना रा सम्बन्ध होने के कारण प्रकरण से असगत है। १०२ वॉ सूत्र साख्य मत के विरुद्ध है, क्योकि इसके अनुसार स्थूल शरीर पचभूतनिर्मित नही है।[८९] इसी प्रकार १११ और ११२ वा सूत्र साख्यमत का नही हो सकता है,[९०] क्योकि इनके

अनुसार शरीर भेदो के साथ शरीर को पार्थिक मानकर चार भूतो से निर्मित माना गया है। ८५ से १००वें सूत्र मे न्याय–वैशेषिक, बौद्धादि मत का विवरण और खण्डन है, जबकि ये मत साख्य की स्थापना के बहुत बाद के है। इसी प्रकार १०१वे सूत्र का प्रकरण से पूर्वापर कोई सबध नही रख्ता है। ११३ से ११५ वे सूत्र मे शरीर के साथ प्राण के सबध का निरूपण किया गया है। ११४ और ११५ वॉ सूत्र परस्पर विरोधी[९१] होने के साथ ११३वे सूत्र की भाति ही प्रकरण के पूर्वापर सूत्रो से कोई सबध नही रखता है। इस प्रकार उपरोक्त मुक्तिप्रकारण मे ३४ सूत्र प्रक्षिप्त है।

साख्यसूत्र के १/२४, २/१८ और २/३१ को साख्य कारिका के कमश १०, २५ और २६वे का पररचित मानकर साख्यसूत्र को साख्यकारिका के आधार पर निर्मित मानते है, परन्तु हम आगे देखेगे कि यह अतार्किक और असगत है जैसे कि सूत्र हेतुमदनित्य सक्रियमनेकमाश्रित लिगम्'[९२] ही अनिरुद्धवृत्ति मे भी दिया गया है। किन्तु आचार्य विज्ञानमिक्षु के भाष्य मे 'हेतुमदनित्यमव्यादि ---------' रूप मिलता है। अत प्रतीत होता है कि अव्यायि बाद मे जुडा है, अन्यथा आचार्य अनिरुद्ध इतने महत्वपूर्ण पद की व्याख्या अवश्य करते, अत इसे कारिका[९३] से अनुकृत नही माना जा राकता है। इरी प्रकार रूत्र 'सात्विकमेकादशक प्रवर्तते वैकृतादहकारात्'[९४] को कारिका 'सात्विक एकादशक प्रवर्तते वैकृतादहकारात्'[९५] नहीं माना जा सकता है, क्योकि सूत्र मे 'सातिवकमेंकादशक' पूर्वसूत्र के आधार पर नपुसकलिग मे है।[९६] जबकि कारिका का उद्धरण अपनी पूर्व कारिका के आधार पर पुलिग मे है। आगे कारिकाकार को पूर्वार्ध मे 'सर्ग' तथा उत्तरार्ध मे 'गण' पद का ही प्रयोग करना पडा।[९७] लेकिन सूत्रकार के लिए किसी प्रकार की छन्द सबधी विवशता नही थी। अत या तो सूत्र को कारिका के समान होना चाहिए था या फिर अन्य सूत्रो की भाति उससे पर्याप्त भिन्न होता, केवल लिग भेद का कोई प्रयोजन नही दिखाई देता है। अन्त मे' सामान्याकरणवृत्ति प्राणाद्या वायव पञ्च'[९८] सूत्र को सामान्यकरण वृति प्राणाद्यावायष पञ्च'[९९] इस कारिका की अनुकृति कहा गया है, लेकिन ब्रह्मसूत्र २/४/६ के भाष्य मे पूर्वपक्ष की व्याख्या करते हुए 'तत्रान्तरीय याभिप्रायात् समस्तकरणवृत्ति प्राण इति[१००] प्राप्तम्। एव तत्रान्तरीया आचक्षते–सामान्याकरण वृत्ति प्राणाद्या वायव पञ्च' इति कहा गया है। यहॉ पूर्वपक्ष के दो भाग है, एक श्रुति पर आधारित है, दूसरा तन्त्रान्तर (वेदान्त से भिन्न शास्त्र विशेष) पर। 'आचक्षते' तथा 'इति' पदो के प्रयोग से सर्वदा स्पष्ट है कि सामान्याकरणवृति—

-----------' शास्त्र विशेष का अक्षरस उद्धरण है। उक्त कारिकाजन्य पाठ हिन्दी अनुवाद के छपे हुए शाकरभाष्य सस्करणों[१०१] मे ही मिलता हे, जबकि साख्यसूत्र का मौलिक प्रामाणिक पाठ 'सामान्याकरण वृति -----------' ही है।

इस प्रकार साख्य सूत्र २/३३ और योगसूत्र १/५ दोनो मे 'वृत्तय पञ्चतथ्य क्लिष्टा' तथा साख्यसूत्र ४/३ और ब्रह्मसूत्र ४/१/१ दोनो मे आवृत्तिरस 'कृदुपदेशात' ही है। यह मूलत साख्यसूत्र का ही उद्धरण है जिसे बाद मे अन्य सूत्रकारो ने स्वीकार कर लिया था। यद्यपि सम्पूर्ण 'साख्यप्रवचन सूत्र' महर्षि कपिल की कृति नही हे परन्तु प्रक्षिप्तो को छोडकर शेष सूत्रो मे ही परमर्षिकी कृति समाविष्ट है। लेकिन प० उदयवीर शास्त्री[१०२] अहिर्बुध्न्यसहिता मे उल्लिखित 'षष्टितत्र' पर विचार करते समय 'साख्यकारिका' और उसके व्याख्याकार आचार्य द्वय वाचस्पति मिश्र और नारायण तीर्थ के व्याख्यान का आश्रय लेते है, न कि साख्यसूत्र (साख्यप्रवचनसुत्र) का। इसी प्रकार बुद्धचरित के 'अराडवृत्तात' मैं आए साख्यसिद्धान्त की विवेचना 'तत्त्वसमास' के आधार पर करते है न कि साख्यसूत्र के आधार पर प० शास्त्री[१०३] जिस सूत्र[१०४] के द्वारा विशेष रूप से साख्यसूत्र की प्राचीनता सिद्ध कर इसे महर्षि कपिल की कृति मानते है, किन्तु आगे इस ग्रथ का सशोधन आयुर्वेद के सश्रुतिसहिताकार द्वारा स्वीकार करते है।

ऐसा लगता है कि षष्टितत्र के वाद 'तत्त्वसमास'[१०५] की रचना हुई और तत्पश्चात् उसकी व्याख्या के रूप मे साख्यसूत्र की प्रस्तुति की गयी। पण्डित शास्त्री तत्त्वसमास एव साख्यसूत्र दोनो को प्राचीन मानते है। लेकिन प्रश्न उठता है कि यदि पष्टितत्र एव तत्त्वसमास महर्षि कपिल प्रणीत होकर भी प्रक्षिप्तों से बचे रह गये तो फिर साख्य सूत्र क्यो प्रक्षिप्त रूप मे ही रह गया। अत यह माना जा सकता है कि साख्यसूत्र प्राचीन भले मान लिया जाय किन्तु वह महर्षि कपिल की कृति नही हो सकती । इस वात को राभी रवीकार करते है कि तत्त्वसमास एव साख्यसूत्र के बीच शताब्दियो का अन्तर है।[१०६] साख्यसूत्र मे अचेतन वर्ग को "सात एक सोलह" या 'प्रकृति विकृति' 'प्रकृति केवल विकृति' के रूप में उल्लेख किया गया है है जो कारिकानुसार[१०७] है। पण्डित शास्त्री द्वारा साख्यसूत्र को तत्वसमास के एकीकृति मानना सगति पूर्ण नही लगता,

एक तो यहॉ मनुस्मृति, महाभारत, पुराण ,बुद्धचरित चरक सहिता , आचार्य पचशिख द्वारा तत्त्वसमास की कृति के साथ उसमे निहित सदर्भा के उल्लेख को नजरन्दाज कर दिया गया है, दूसरे जब तत्त्वसमास का उल्लेख हुआ तो वहॉ उसकी सहकृति साख्यसूत्र का उल्लेख क्यो नही किया गया? यहॉ तक कि साख्यसूत्र के प्रथम तीन अध्याय साख्यकारिका के क्रमश एक, बीस, इक्कीस, सैतीस और अडतीस–उनहत्तर कारिकाओ के अनुरूप है, फिर भी जहा सूत्र ईश्वरवादी gSogh d kfjd k fujh'ojoknh gS d hFk[१०८] और कार्वे[१०९] दोनो २/१८, २४ और ३१ वे सूत्र के आधार पर साख्यसूत्र को कारिका का अनुभागी मानकर उसकी अनुकृति मानते है तो दूसरी ओर मैक्समूलर,[११०] प्रो० हिरिएन्ना,[१११] डॉ० राधाकृष्णन,[११२] पुलिनबिहारी चक्रवर्ती[११३] प्रभृति विद्वान भी साख्यसूत्र को अर्वाचीन कृति ही मानते है। इस मत के समर्थन मे पण्डित राजाराम शर्मा[११४] साख्य सूत्र के पाचवें अध्याय के मगल विषयक सूत्र को नव्य न्याय के अनुरुप मानते है।

साख्यसूत्र के छ अध्यायो मे से तीन अध्याय मे साख्य सिद्धान्त की व्याख्या की गयी है। चौथे मे दृष्टान्त रूप मे कहानियॉ, पाचवे मे अन्य भारतीय दार्शनिको के मतो का खण्डन और अन्तिम अध्याय उपसहार का है। साख्यसूत्र मे एकेश्वरवादी के प्रति अधिक समन्वयात्मक प्रकृति दिखाई देती है उक्त सबध मे गोर्वे[११५] के अनुसार विशेषकर सूत्रो के रचनाकार उस अत्यन्त असभव स्थापना के लिए प्रमाण प्रस्तुत करने मे अथक प्रयास करते है। साख्य दर्शन की शिक्षाए एक शरीरधारी ईश्वर के सिद्धान्त, ब्रह्म की एक सर्वतोग्राही एकता के सिद्धान्त, ब्रह्म को आनद स्वरूप मानने के सिद्धान्त ओर दिव्य लोक की प्राप्त को उच्चतम लक्ष्य मानने के सिद्धान्त के सर्वथा विरुद्ध नही है, जिन्हे १/६५ व १/५४, ५/६४, ६८ व ११० तथा ६/५१, ५८, ५६ मे स्पष्टत देखा जा सकता है। नि सन्देह साख्यसूत्र मे अनेक स्थानो पर सरलता के साथ दिखाई देने वाले वेदान्त के प्रभाव के परिणाम मिलते है। सबसे अधिक स्पष्ट रूप मे ४/३ सूत्र[११६] मे जो वेदान्त सूत्र (ब्रह्म सूत्र) ४/१/११ की क्रमश पुनरावृत्ति है और ५/११६ वे सूत्र[११७] मे साख्य के प्रसिद्धवाक्य के स्थान पर वेदान्त की परिभाषिक सज्ञा 'ब्रह्म रूपता' का प्रयोग किया गया है। अत ऐसा माना जाता है कि इस ग्रन्थ की रचना का उद्देश्य साख्य और ईश्वरवादी वेदान्त के अन्तर को न्यून करना था। सभवत यही कारण हे कि अधिकाश विद्वान इसका रचना काल १४वी शताब्दी मानते है। यही नही, इस ग्रथ का उल्लेख कारिका के प्रथम टीकाकार

आचार्य गौडपाद, माधवायार्य[११८] और गुणरत्न[११९] प्रभृति विद्वान नही करते है, जबकि ये साख्यकारिका का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते है। साख्यसूत्र पर पहला भाष्य १६वी शताब्दी मे लिखा गया । अत प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि यदि यह पहले से ही विद्यमान था तो उसका उल्लेख अथवा उसकी व्यख्या पहले क्यो नही हुई? फिर इसमे अन्य दर्शनो का सुचारु रूप से खण्डन किया गया है जिनका उद्भव साख्यसूत्र के बहुत बाद हुआ। आचार्य वाचस्पति मिश्र उससे अभिज्ञ नही है। यहॉ तक कि इतिहासविद् अलबरुनी जो ११वी सदी का है, आचार्य ईश्वर कृष्ण और गौडपाद के ग्रथो का उल्लेख करता है किन्तु साख्यसूत्र का उल्लेख कहीं भी नहीं करता।[१२०] साख्यप्रवचनसूत्र अर्थात् साख्यसूत्र क साथ तत्त्वसमास[१२१] को भी महर्षि कपिल की कृति माना जाता है। लेकिन दोनो मे निहित विचारो और प्रमाणाभाव मे ऐसा मानना सगतिपूर्ण नही है।[१२२] अत साख्यसूत्र, जिसे महर्षि कपिल की रचना माना जाता है, निश्चय ही यह उचित प्रतीत नही होता। हो सकता है महर्षि कपिल ने किसी साख्यसूत्र की रचना की हो, लेकिन जो इतिहास के गर्त में विलीन हो चुकी है।[१२३]

(II) आचार्य आसुरि

आचार्य आसुरि महर्षि कपिल के शिष्य तथा प्रथित आचार्य पचाशिख के गुरु थे। इनका प्राचीनतम् उल्लेख 'पञ्चशिख सूत्र' मे मिलता है, जो भाष्यकार व्यासदेव[१२४] द्वारा उद्धृत है, आदि विद्वान ''निमार्णचित्तमधिष्ठाय कारुण्याद् भगवान् परमर्षिरासुरये जिज्ञासमानाय तत्र प्रोवाच'' अपने गुरू के विषय मे शिष्य का यह कथन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, इस सबध मे आचार्य ईश्वरकृष्ण आसुरिप पचशिखायतेन-------------- द्वारा आचार्य आसुरि का उल्लेख करते है।[१२५] गहाभारत[१२६] ओर भगवद् पुराण[१२७] गे भी आचार्य आसुरि का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। किन्तु इन सबके बावजूद डा० कीथ[१२८] इन्हे ऐतिहासिक व्यक्ति नही मानते है, इनके अनुसार यदि हम भाष्यकार व्यास के उपरोक्त मत्र और आचार्य वाचस्पति मिश्र[१२९] के वचन को प्रमाणिक मान ले तो तदनुसार आचार्य पचशिख ने अपने उपर्युक्त वचन मे महर्षि कपिल को 'आदि विद्वान' कहा है और यह भी कहते हैं कि उन्होंने ने आचार्य आसुरि को उपदेश दिया था। लेकिन वे यहॉ यह नही कहते है कि वे स्वंय उन आचार्य आसुरि के शिष्य थे, अत इससे सत्तरवी कारिका का

कथन अप्रामाणिक अर्थात् अविश्वसनीयहो जाता है। लेकिन यह मत ठीक नही प्रतीत होता, यहॉ ठीक है कि पचशिख वचन मे आचार्य आसुरि को आचार्य पचशिख के गुरू होने की बात नही कही गई है। परन्तु यहॉ उनके कपिल शिष्य होने की बात स्वीकार की गई है, फिर आचार्य आसुरि अनैतिहासिक व्यक्ति कैसे हुए?

साख्यकारिका की टीका 'माठरवृत्ति'[१३०] तथा 'जयमगला'[१३१] मे साख्याचार्य आसुरि के गृहस्थाश्रम से सन्यास लेने का वर्णन है। जिसका साम्य शतपथ ब्राह्मण मे उल्लिखित आचार्य आसुरि से सबधित वर्णनो मे देखा जा सकता है। माठरवृत्ति के प्रारम्भ मे ही महर्षि कपिल और आचार्य आसुरि के सवाद से स्पष्ट है कि प्रवज्या से पूर्व आचार्य आसुरि सहस्रायाजी गृहस्थ ब्राह्मण और महायाज्ञिक आचार्य थे। सत्तरवीकारिका की वृत्ति[१३२] मे भी यही कहा गया है। अत डा० रिचर्ड गार्बे का यह कहना है कि साख्यशास्त्र के आसुरि और शतपथ ब्राह्मण को आसुरि परस्पर भिन्न है,[१३३] निराधार है।

चूँकि आचार्य आसुरि की कोई कृति उपलब्ध नही है। अत उनके विचार यत्र–तत्र सग्रह के रूप मे मिलते है। इनके प्रवज्या ग्रहण करने पर बुद्धि के धर्म, ज्ञान, वेराग्य, ऐश्वर्य, अधर्म, अवैराग्य, अज्ञान और अनैश्वर्य, इन आठों भावों के सासिद्धिक (जन्मसिद्ध) प्राकृतिक और वैकृतिक प्रकारो को स्पष्ट करते हुए युक्तिदीपिका[१३४] मे आचार्य आसुरि के वैराग्य को प्राकृतिक कहा गया है। क्योंकि परमर्षि की कृपा से आचार्य आसुरि मे धर्म उत्पन्न हुआ, जिसके फलस्वरूप अशुद्धि जाती रही और प्रकृति का शुद्धि स्रोत फूट निकला। जिससे अनुग्रहीत होने पर दु खत्रय मे अनेकश प्रहार से पीडित होकर उसकी निवृत्ति के उपायो को जानने की उन्हे इच्छा हुई और परिणामत उन्होने प्रवज्या ग्रहण की।

जैनाचार्य हरिभद्रसूरि के 'षड्दर्शनसमुच्चय' के साख्य प्रकरण मे आचार्य आसुरि के नाम से एक श्लोक उद्धृत है "विविक्ते दृक्परिणतौ बुद्धौ भोगोऽस्य कथ्यते। प्रतिबिम्बोदय स्वच्छे (स्वच्छो) यथा चन्द्रमसोऽम्भसि।।" अर्थात् जिस प्रकार स्वच्छ निर्मल जल मे चन्द्र प्रतिबिम्बित होता है, उसी प्रकार असग अर्थात शुद्ध चिद्रूप पुरुष मे बुद्धि प्रतिबिम्बित होती है। उस समय

जो बुद्धि का दृक् रूप मे परिणाम होता है उसे ही पुरुष का भोग कहा जाता है। इसका उल्लेख बाद मे 'स्याद्वादमजरी' तथा 'बादमहार्णव' जैनग्रथो मे भी हुआ है। इसके अनुसार श्रवणादि ज्ञानेन्द्रियो तथा वागादि कर्मेन्द्रियो के द्वारा आहार्य विषयो को लेकर पुरुष के सन्निध्य से दृक् अर्थात् चेतन रूप मे परिणत हुई, बुद्धि पुरुष मे समर्पित करती है और इस प्रकार उसका भोग सिद्ध करती है। साख्यकारिका[१३५] मे इसी सिद्धान्त का प्रतिपादन आचार्य ईश्वर कृष्ण भी करते है। जिसमे दस आतरिक तथा तीन बाह्य करणो मे बुद्धि की प्रधानता को सिद्ध करते हुए कहा गया है कि चूँकि समस्त विषयो के सबध मे होने वाले पुरुष के योग को बुद्धि ही सम्पादित करती है। वही अन्तत प्रकृति एव पुरुष के सूक्ष्म भेद को प्रकट करती है, इसलिए वही प्रधान है। तात्पर्य यह है कि पुरुष का सुख–दु खादि भोग स्वत न होकर बुद्धि के कारण सपन्न होता है। आचार्य वाचस्पति मिश्र[१३६] ने इसे अत्यन्त स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया है। साख्यसूत्र[१३७] मे इसी विषय का स्वीकार किया गया है। उसमे यह कहा है कि जिस प्रकार लाल जपा कुसुम से समीपस्थ–स्वच्छ श्वेत स्फटिक मणि लाल हो जाती है और उसको हटाने पर फिर स्वच्छ हो जाता है, उसी प्रकार बुद्धि के सानिध्य से उसके विषय भोग आदि धर्म–निधर्मक पुरुष मे सकान्त अर्थात् आरोपित हो जाते है। इसी बात को 'पचशिखसूत्र' मे इस प्रकार कहा गया है "अपरिणामिनी हि शोक्तृशक्तिरप्रतिसक्रमा च परिणाभिन्यर्थे प्रतिसक्रान्तेव तद्वृत्तिमनुपतति, तस्याश्च प्राप्त चैतन्योपग्रहरूपाया बुद्धिवृत्तेरनुकारमात्रत या बुद्धिवृत्यविशिष्टा ही ज्ञानवृत्तिराख्यायते।" इस प्रकार ये सभी अपरिणामी पुरुष मे आहार्य भोग ही मानते है, वास्तविक नही। लेकिन आचार्य विन्ध्यवासी के अनुसार पुरुष मे यह आहार्य भोग भी नही होता है, अपितु यह भोग पुरुष की सानिध्य से चेतन–सी प्रतीत होने वाली बुद्धि मे ही होता है।

आगे आचार्य आसुरि कहते है कि 'आद्य' तत्त्व अर्थात् प्रकृति सत्व रजस्तमो रूप है। प्रधान से महत् अर्थात् बुद्धि की उत्पत्ति होती है। बुद्धि से अहकार और अहकार से एकादश इन्द्रियॉ तथा पुन पचमहाभूत उत्पन्न होते है। ये तेइस तत्त्व 'मध्यम' अर्थात् मध्य के है, पच्चीसवॉ तत्त्व पुरुष है। पुरुष के अधिष्ठातृत्व मे ही प्रकृति अपने सृष्टि कार्य मे प्रवृत्त होती है । आधुनिक विद्वान महाभारत मे वर्णित कपिल आसुरिसवाद को साख्य दर्शन के अनुरूप नही मानते है, परन्तु यह धारणा सुसगत नही है। विद्वान परमार्थ ने आसुरि आचार्य को दी गई शिक्षा का जिस प्रकार

वर्णन किया है, वह माठरवृत्ति और जयमगला के अनुरूप है। जिसके अनुसार पहले 'तम' तथा बाद मे 'क्षेत्रज्ञ' उसमे प्रविष्ट हुआ। क्षेत्रज्ञ और तम क्रमश पुरुष और प्रकृति के अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है। यहाँ प्रयुक्त 'तमस' ऋग्वेद[१३८] के 'तमस' का स्मरण कराता है। महाभारत[१३९] मे भी तमस का प्रयोग प्रकृति के अर्थ मे ही किया गया है। इस प्रकार आचार्य आसुरि साख्य दर्शन के पदार्थो का जो उल्लेख करते है उसका महर्षि कपिल के मत से विरोध नही प्रतीत होता।

(III) आचार्य पंचशिख

आचार्य पचशिख, आचार्य आसुरि के शिष्य थे, जो साख्यकारिका की ७०वी कारिका से स्पष्ट होता है। जिससे यह भी स्पष्ट सकेत मिलता है कि महर्षि कपिल से आचार्य पचशिख तक पहुँचे हुए उस ज्ञान–सम्प्रदाय की 'सज्ञातत्र' अथवा 'षष्टितत्र' थी। स्वय आचार्य पचशिख कहते है "आदिविद्वाननिमार्णचित्तमधिष्ठाय कारुणाद्भगवान् परमर्षिराणुये तत्र प्रवाच।"[१४०] लेकिन आचार्य ईश्वरकृष्ण की बहुधाकृत तत्र[१४१] और 'समाख्यातम्'[१४२] के पदो के आधार पर महामहोपाध्याय प० रामावतार शर्मा और चीनी परम्परा षष्टितत्र का रचनाकार आचार्य पचशिख को मानती है। लेकिन 'कृततत्रम्' के साथ 'बहुधा' पद इस मत का समर्थन नही करता है। वास्तव मे आचार्य पचशिख तक एक शिष्य होने की परम्परा रहा होगी और उनके पश्चात् अनेक शिष्य जैसे इनके जनक, वशिष्ठ आदि शिष्य थे, होने लगे। तत्र पहले से ही विद्यमान था, आचार्य पचशिख ने केवल उसका अध्ययन किया था। उक्त दोनो मतो का समर्थन माठरवृत्ति और युक्तिदीपिका[१४३] मे भी किया गया है। अत यह हो सकता है कि महर्षि कपिल प्रणीत सक्षिप्त षष्टितत्र का विस्तार एव सवर्द्धन आचार्य पचशिख के हाथो ही सम्पन्न हुआ हो।

आचार्य पचशिख की प्रासगिकता स्वयसिद्ध है। इसीलिए विद्वान वेबर ने साख्य को भारतीय दर्शनो मे सबसे प्राचीन माना है।[१४४] स्वय शकराचार्य ने वृहदारण्यक मे उद्धृत 'असभूति' पद[१४५] को साख्य की प्रकृति के अर्थ मे स्वीकार कर इसकी प्राचीनता को सिद्ध किया है। महाभारत के अनुसार आचार्य पचशिख पराशरगोत्र[१४६] के थे और वे मानसयज्ञी थे।[१४७] मन के उहापोह अथवा तर्क–धर्म मे निष्णात वे पचरात्र विशारद पचज्ञ, पचकृत और पञ्चगुण भी थे।

उन्होने नैष्ठिक बुद्धि प्राप्त की थी। उनकी सर्वज्ञता अनुत्तम थी। आचार्य नीलकण्ठ शास्त्री ने भारतभावदीप[१४८] के उक्त उपाधियो की व्याख्या करते हुए कहते है कि आचार्य पचशिख का पचशिख नाम इसलिए पडा कि वे अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय एव आनदमय–इन पच पुरुषों के शिखास्वरूप पुच्छरूप सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म के ज्ञाता थे। इस प्रकार 'पचशिख' सासारिक नाम न होकर ज्ञानार्जित नाम था। पचत्रज्ञ एव पचकृत पचशिख नाम धारण करने के पूर्ण कहलाये। ज्ञान एव उपासना की इस समस्त साधना के लिए साधक को शम, दम, उपरति, तितिक्षा एव समाधान इन श्रुत्युक्त पचगुणो से सुसज्जित होना परमावश्यक है। इसी से उन्हे 'पचगुण' भी कहा गया है। 'पचरात्र विशारद' इन सबसे पूर्व की अवस्था थी, किंतु पचज्ञ, पचकृत आदि विशेषणो का प० नीलकण्ठ कृत व्याख्यान आचार्य पचशिख को वेदान्तसम्प्रदामानुयायी सिद्ध करता है। प० नीलकण्ठ प्राचीन साख्य को उपनिषादीय अर्थात् वेदान्तीय मानते हैं। उनके अनुसार महाभारतीय पद 'पुरुषावस्थामव्यम्त्म् पुरुषार्थन्यिवेदमत्' मे अव्यक्त का अर्थ अव्याकृत पुरुष[१४९] है और वही परामार्थ है। अपने मत के समर्थन मे महाभारत के १४ वें श्लोक 'यतदेकाक्षर ब्रह्म नानरूप प्रदृश्यते। आसुरिमण्डले तस्मिन् प्रतिपेद तद्व्ययम्' को उपस्थित करते है। वस्तुत महाभारत एव भागवत पुराणादि में उल्लिखित साख्य विद्वान कपिल, आसुरि, पचशिख आदि का प्राचीन साख्य सेश्वर है, परन्तु उससे उसको वेदान्त से अभिन्न समझना निराभ्रम ही, क्योंकि इसमे त्रिगुणात्मक प्रधान या प्रकृति एव पुरुष साख्यशास्त्रीय कल्पना प्रकृति एव पुरुष के वस्तुत भिन्न तत्त्व होने मे कोई अन्तर नही आता। यहॉ वेदान्तीय प्रभाव देखने का मूल कारण ही उस समय वेदान्तीय विचार का सर्व प्रभावित होना और साख्याचार्य की कोई स्वीकृति का मूर्त रूप न ले पाना, जिसके कारण अन्य लेखको के प्रभाव आ गये है, ऐसा लगता है।

योगभाष्य[१५०] मे आचार्य व्यासदेव तथा साख्यतत्त्वकौमुदी में आचार्य वाचस्पति मिश्र ने आचार्य पचशिख का सर्वप्रसिद्ध वचन "स्मात् स्पल्प सकर सपरहिार सम्प्रत्यवमर्ष कुशलस्य नामकर्षायालम्। कस्मात्? कुशलम् हि मे वह्न्यदस्ति यत्रायमावाय गत स्वर्गेप्यपकर्षमल्पम् करिष्यति" उद्धृत किया है।जिसरो स्पष्ट होता है कि आचार्य पचशिख मानते थे कि वेदो के द्वारा विहित यज्ञो मे अनिवार्य रूप से होने वाली हिसा भी पाप उत्पन्न करती है। अत. आचार्य पचशिख के मत मे अहिसा हो मानव का सर्वाधिक कल्याण करने वाला तत्त्व है। यही पचरात्र

मत की समस्त साधना का रहस्य एव उस साधना की सफलता का मूलमत्र था। ज्ञान एव अहिसा को मोक्ष प्राप्ति का सर्वाधिक हितकारी और अनिवार्य साधन मानने के कारण इन्हे 'पचरात्रविशारद' कहा गया। यही मत साख्य मे भी आगे चलकर मान्य हुआ। आचार्य ईश्वरकृष्ण का वैदिक यज्ञ के सन्दर्भ मे "दृष्टवदानुश्रविक सह्य विशुद्धि क्षयातिसमयुक्त" कथन आचार्य पचशिख की मान्यता का ही समर्थन करता है और मीमासकों का इनके विरुद्ध "तद् विपरीत श्रेयान्" कथन साख्य मत की स्थापना करता है। योग दर्शन मे भी अहिसा को सार्वभौम धर्म कहा गया है जैसा की योगरूत्र[१५१] मे अष्टयोगपद्धति मे प्रमुख पच यमो मे अहिसा को प्रथम स्थान दिया गया है।

यद्यपि आचार्य पचशिख का कोई ग्रथ उपलब्ध नही है, तथापि उनके सिद्धान्तो एव विशिष्ट मतों के उद्धरण साख्ययोग के प्राचीन ग्रन्थो मे मिलते है। सबसे अधिक उद्धरण आचार्य व्यास कृत योगभाष्य मे मिलते है जो 'तथा चोक्तम्' तथा 'च सूत्रम' इत्यादि शब्दो के साथ दिये गये है, जिनके आधार पर इन्हे आचार्य पचशिख के सूत्र माना गया है। तत्त्ववैशारदी टीका मे तथा आचार्य भिक्षु आदि परवर्ती टीकाकारो के आधार पर निम्न वचन आचार्य पचशिख के माने गये है, जिनका उल्लेख 'योगभाष्य' मे मिलता है –

(i) एकमेव दर्शनख्यातिरेव दर्शन –१/४

(ii) तमणुमात्रमात्मानमनुविद्यास्मीत्येव तावत् सम्प्रजानीते–१/३६

(iii) व्यक्तमव्यक्त वा सत्त्वमात्मस्वेनाभि प्रतीत्य तस्य सम्पदमनुनन्दत्यात्यसम्पद मन्वानस्तस्य व्यापदमनुशोचत्या–त्मव्यापद मन्य मान स सर्वोऽप्रतिबुद्ध –२/५

(iv) बुद्धित पर पुरुषमाकारशीलविद्यादिभिर्विभक्तमपश्यन् कुर्यात् तत्रात्मबुद्धि मोहेन–२/६

(v) रूपातिशया वृत्यतिशयाश्च परस्परेण विरुद्ध्यन्ते सामान्यानि त्वतिशये सह प्रवर्तन्ते –२/१५ और ३/१३

(vi) तत्सयोगहेतु विवर्ज्जनात् स्यादयमात्यन्तिको दु खप्रतीकार २/१७ (ब्रह्मसूत्र २/२/१० के शारीरकभाष्य की भामती)

(vii) अय तु खलु त्रिषु गुणेषु कर्त्तष्वकर्तारि च पुरुषे तुल्यातुल्य जातीये चतुर्थेतात्क्रियालाक्षिण्युयनीयमानान् सर्वभावा नुपपन्नाननुपश्यन्न दर्शनमन्यच्छकते–२/१८

(viii) अपारिणामिनी हि भोक्तृशक्तिरप्रतिसक्रमा च परिणामीन्यर्थो प्रतिसक्रान्तेव तद्वृत्तिमनुपतति तस्याश्च प्राप्तचैतन्योपग्रहरूपया बुद्धि वृत्तेरनुकामात्रतया बुद्धि कृत्य विशिष्टा हि ज्ञानवृत्तिरित्याख्याते—२/२०

(ix) धर्मिणामनादिसयोगाद् धर्ममात्राणामप्यनादि सयोग—२/२२

(x) तुल्यदेशश्रवणानामेकदेशश्रुतित्व सर्वेषा भवति ३/१४

उक्त उद्धरण सख्या (i) (iii) (iv), (vii) आरै (x) एक ही विषय से सबधित है। ये सभी एक ही तथ्य को भिन्न–भिन्न प्रकार से प्रतिपादित करते है। उद्धरण नम्बर एक का तात्पर्य है कि व्यवहार काल मे एक मात्र बुद्धि कृति ख्याति ज्ञान या दर्शन ही रहता है वही पुरुष का भी ज्ञान या दशर्न बन जाता है। चौथे उद्धरण के अनुसार यद्यपि नित्यज्ञानरवरूप होने के कारण पुरुष मे किसी भी प्रकार का परिणाम सभव नही है। तथापि अविवेक के कारण वह रवभावत प्रतिक्षण परिणामिनी त्रिगुणात्मिका बुद्धि (चित्त) की वृत्तियो व्यापारो या परिणमों को देखता हुआ तादात्मक या तद्रूप–सा प्रतीत होता है। इस प्रकार बुद्धिकृत विविध ज्ञानो को वह रवकृत ही कार्य समझता है परकृत नही। स्त्री पत्नी पुत्र भोजन कुर्सी आदि को अविवेकवश रवकीय मानता हुआ इसी समृद्धि को अपनी समृद्धि और विपत्ति को अपनी विपत्ति समझता है जो उसका अज्ञान या मोह है और ज्ञान इच्छा क्रिया सुख दु ख भोग इत्यादि अनेक व्यावहारिक धर्मो से युक्त जिस एक पुरुष रूपधर्मी को हम सब जानते व समझते है वह परमार्थत एक वस्तु या तत्त्व नही है। यद्यपि आम आदि दर्शन इन युक्त धर्मो को एम मात्र आत्मा या पुरुष के ही विशिक्त गुण मानते है एव इन अनेक धर्मो से उन एक का ही अनुमान करते है, तथापि साख्य दर्शन की ऐसी मान्यता नही है। साख्य के अनुसार व्यवहारिक मनुष्य मुख्यता तो निगुर्ण एव अपरिणामी पुरुष तत्व तथा नित्यपरिणामी त्रिगुणात्मक प्रकृति तत्व का किन्तु प्रकृति के बुद्धि अहकार मन अदि विकारो को पृथक्– पृथक लेने पर इन अनके तत्त्वो का अद्भुत मिश्रण ही इन सबकी विचित्र समाप्ति है। नित्य ज्ञान पुरुष अथवा आत्मा का रवरूप भूत धर्म ही तथा सकल्प इच्छा क्रिया सुख दु खादि प्रकृति के उक्त विकारो के धर्म ही। सातवे उच्चारण मे पुरुष के सारूप्य–वैरूप्य तादात्म्य दोनो ही कथित है। त्रिगुणात्मक बुद्धि के साथ अपना तादात्म्य ग्रहण करने मे पुरुष के अनादि अविवेक के अतिरिक्त उसका बुद्धि से सर्वथा विरूप न होना सर्वदा

रवरूप न हाने पर भी कुछ सरूप होना ही कारण है। रजत खण्ड से विरूप या भिन्न तथापि उसके रारूप का सदृभ शुक्ति मे ही रजत खण्ड का आरोप होता है अन्यत्र कही नही। इस प्रकार रपष्ट है कि पुरुष का अनादि अविवेक ओर बुद्धि के साथ उसका सादृश्य दोनो ही तादात्म्य के कारण ही। ८वे उद्धरण मे भी दोनों का यही तादात्म्य बताया गया हे। इसमे उल्लिखित ज्ञानवृत्ति पद चित्तशक्ति अर्थात् चिन्मात्र पुरुष का बोधक है। इसमे सारूप्य की बात भी रपष्ट है। अनादि अविवेक के कारण परिणामिनी बुद्धि मे असक्रान्त भी सक्रान्त सा लगता है। परिणागरवरूप वह बुद्धि की भॉति ही परिणागी प्रतीत होता है। बुद्धि चिदवभास या चितप्रतिबिम्ब को प्राप्त करके पुरुष के समान चैतन्य प्रतीत होने लगता है। इस समय रारूप्य के कारण पुरुष व्यवहारकाल मे बुद्धि के साथ अपना तादात्म्य ग्रहण कर बैठता है। इसी बात को उक्त उदाहरण के तरमाश्च प्राप्त ज्ञानवृत्तिरित्याख्यायते । अन्तिम पक्ति मे कहा गया है। रपष्ट है कि तादात्म्य दोनो के सानिध्य से होता है और इस सानिध्य का कारण अविवेक है। आचार्य पचशिख के मत मे अविवेक अनादि है। इनके इस मत का उल्लेख साख्यसूत्र मे अविवेक निमिन्तोवापचशिख[१५२] कहकर किया गया है।

उद्धरण स० २ मे मन की विषयवती और अस्मितामात्रा' नामक द्विविध ज्योतिषमती स्थिति की द्वितीय कोटि का वर्णन है। इस स्थिति मे मनरूपादि समस्त विषयो से हीन होकर अन्य समस्त वृत्तियो से शून्य अह बोध रूपवृत्ति के रवरूप मे स्थित हो जाता है। इसी को सास्मित सम्प्रज्ञात कहते है क्योकि इसमे अहमस्मि इत्याकारक आत्मविषयक ज्ञान होता रहता ही। पाचवे उद्धरण मे गुणो के पररपर विरुद्ध रवभाव की बात कही गयी है। बुद्धि के सत्व गुण के धर्म वैराग्य ज्ञान एव ऐश्वर्य मे चार रूप है। तमो गुण को भी अधर्म अवैराग्य या राग अज्ञान तथा अनैश्वर्य चार रूप ही सुख दुख एव मोह इनकी वृत्तिया है। ये परस्पर विरोधी है। इसलिए लगातत्रिार दीर्घ समय तक न तो अहिराा सत्य ब्रह्मचर्य आदि धर्म ही प्रबल रूप से चलते ह ओर न ही हिराा असत्य मैथुन आदि अधर्म। कभी एक प्रबल रहता है तो कभी दूसरा इसी प्रकार सुख या दुख लगातार नही रहते। हॉ इनके सामान्य रूप विशिष्टि या प्रबल रूपों के साथ अवश्य रहते है जैसे प्रबल सुख के साथ दु ख भी गौण रूप से रहता है अथवा प्रबल दु ख के साथ गौण रूप से सुख का रहना। तात्पर्य यह है कि बुद्धि के तीनो गुणो के चचल

या क्षिप्र परिणामी होने के कारण बुद्धि या चित् के भाव और व्यापार प्रतिक्षण परिवर्तित होते रहते है। इस प्रकार इसकी अस्थिरता के कारण विवेकीजनो एव योगियो को सब कुछ दु ख ही प्रतीत होता है।

उध्वरण सख्या ६ को रपष्ट करते हुए आचार्य पचशिख कहते है कि सयोग के नष्ट हो जाने पर समरत दु खो की भी आत्यन्तिक निवृत्ति हो जाती है। क्योकि अनादि अविवेक के फलभूत आदि सयोग के फलरवरूप ही सारे दु ख अनादि काल से होते आ रहे है। विवेक ज्ञान के न उत्पन्न होने पर तो अविद्या प्रलय काल मे रवीकार्य अधारभूत चित्त के साथ प्रधान मे निरुद्ध होकर सरकार रूप से पडी रहता है और सृष्टि काल आने पर पुन स्वीकार्य चित्त की उत्पत्ति का बीज बनती है। ६वे उध्वरण को आर्चाय भिक्षु एव हरिहरानन्द आरण्यक स्पष्ट आचार्य पचशिख का वचन मानते है तथा आचार्य वाचरपति मिश्र इसे आगमिनामुनुमतिम् कहते हैं। जिसका अर्थ है कि धर्मो अर्थात परिणाम नित्य सत्व इत्यादि तीनों गुणो का कूटस्थ नित्य पुरुषो के साथ अनादि सयोग होने के कारण अधर्मियो के महत इत्यादि समस्त धर्मों अथवा परिणामो का पुरुषो के साथ अनादि सयोग होता है। इरी सयोग निमित्तजन्य होने के कारण नित्य नही है। इसी सयोग के रवरूप के सम्बध मे योगसूत्र मे कहा गया है कि रवशक्ति अर्थात दृश्य एव रवागिशक्ति अर्थात द्रष्टा इन दोनों का सयोग–बुद्धि एव पुरुष का सयोग– दर्शन कार्य का हेतु है।[१५३] यहॉ दर्शन का दो रूप ही एक तो द्रष्टा पुरुष द्वारा दृश्य बुद्धि का अविवेकपूर्वक दर्शन जिसे भोग कहा जाता है और दूसरा विवेकपूर्वक दर्शन जिसका व्यवहित फल भोग ही भाष्य से रपष्ट है कि इस अनादि सयोग का अन्त विवेकज्ञान द्वारा होता है अन्यथा वह जन्मजन्मान्तर तक चलाता रहता है।

रवरवामि शक्तयो रवरूपोपलब्धि हेतु सयोग [१५४] को मूलत महर्षि कपिल[१५५] और आचार्य पचशिख का सिद्धान्त कहा गया है साख्यसूत्र मे इसी को अविवेक निमित्तो व पचशिख [१५६] कहा गया है इसे आचार्य भिक्षु भी रवीकार करते है। वरतुत भोक्तृभोगय भाव' अर्थात बुद्धि एव पुरुष के अनादि सम्बध का मूलभूत कारण अविवेक ही है। इस प्रकार आचार्य पचशिख का मत समीचीन है, जिसे कीथ[१५७] ने भी रवीकार किया। आचार्य पचशिख के व्यक्ति

सम्बन्धी मत के समर्थन मे साख्यसूत्र मे आधारोभूक्ति भोग इतिपचशिख[१५८] का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त पाचवें अध्याय के गुण से ५६वे सूत्रतक मे जगत उपादान कारण त्रिगुणात्मक प्रधान की सिद्धि त्रिविध प्रमाणो के आधार पर की गयी है। इनमे सर्वप्रथम अनुमान फिर शब्द और अन्त मे प्रत्यक्ष प्रभाव के द्वारा जगत उपादान के रूप मे प्रकृति की सिद्धि की गयी थी। साख्य का दृष्टिकोण मुख्यत बुद्धिवादी है। वह अपने प्रधान पुरुष आदि मूलभूत प्रमेयो की सिद्धि के लिए अनुमान प्रमाण का ही आश्रय लेता है तथा उसका साख्य नाम भी उसकी इस दृष्टि रो परिचायक है। प्रस्तुत प्रकरण मे भी महत्व कम की दृष्टि से तीनो प्रमाणो मे सर्वप्रथम अनुमान का विरतारपूर्वक फिर शब्दों का उनसे कम विस्तार मे तथा अन्त मे प्रत्यक्ष का सक्षेपत उल्लेख है। जब साख्य दर्शन मे अनुमान का महत्व इतना अधिक है तब उसके प्रतिज्ञा हेतु दृष्टान्त व्याप्ति आदि अर्थों के निरूपण को परवर्ती काल के शास्त्रान्तरो के प्रभाव का फल नही है। साख्यसूत्र मे व्याप्ति के सबध मे विस्तृत विवेचना की गयी है।[१५९] अत साख्य मे व्याप्ति सम्बधी धारणा महर्षि कपिल द्वारा प्रणीत ही रही है। साख्यसूत्र में व्याप्ति के लक्षण का उल्लेख करते हुए नियतधर्मसाहित्यमुभयोरेकतरस्य वा व्याप्ति [१६०] कहा गया है किन्तु आगे[१६१] उल्लिखित है कि व्याप्ति भिन्न तत्व नही है। क्योकि भिन्न तत्व होने पर उसके आश्रय रूप मे साध्य एव साधन से भिन्न पदार्थ की कल्पना करनी होगी जो सर्वथा असत्य होगा। क्योंकि व्यक्ति का आश्रय तो साध्य एव साधन अथवा केवल साधन ही होता है उनसे भिन्न कुछ भी नही।[१६२] आचार्य अनिरुद्ध कृत वृत्ति मे भी ऐसा ही माना गया है। लेकिन निजशक्त्युद्भवमित्याचार्या [१६३] के सन्दर्भ मे आचार्य भिक्षु पर–मत और आचार्य अनिरुद्ध स्व–मत का उल्लेख करते है। आचार्य अनिरुद्ध के अनुसार अग्नि एव धूम की उत्पत्ति विशिष्ट शक्ति है। जिसका ग्रहण दोनों साथ–साथ देखने से होता है यही व्यक्ति है।[१६४]

आचार्य भिक्षु के अनुसार व्यक्ति की रवशक्ति से उत्पन्न शक्ति विशेष रूप तत्त्वान्तर ही व्यक्ति है। लेकिन आचार्यों के मत मे रवशक्ति मात्र व्याप्ति नही है। क्योकि द्रव्य की रवशक्ति द्रव्य मात्र मे ही सीमित रहती है और उसे ही व्याप्ति मान लेने पर तो अग्नि के स्थान से उठकर अन्य स्थान मे फैले हुए धूम का भी अग्नि व्याप्यता नही सिद्ध होती है। यहाँ आचार्य भिक्षु का उत्तर है कि उत्पत्तिकालावच्छिन को धूम का विशेषण कर देने से दूसरी अव्याप्यकता की

शका नही उठेगी।[१६५] वेदान्ती महादेव भी आचार्य भिक्षु की भॉति स्वशक्ति से उत्पन्न शक्ति को ही व्यक्ति कहा है लेकिन वे इसे आचार्य अनिरुद्ध की भॉति स्वमत ही मानते है।[१६६] यही कारण है कि ५/३१ वे सूत्र मे प्रतिपादित रवमत के कारण ही आचार्य अनिरुद्ध ५/३२वे प्रतिपादित आचार्य पचशिख के मत को एकदेशि मत कहते है। आचार्य अनिरुद्ध के अनुसार यद्यपि सूत्रकार ५/३६वे सूत्र मे सिद्धान्त के साथ इसका समन्वय करते है। यहा आचार्य भिक्षु का मत ३२वे ओर ३६वे सूत्र मे रपष्ट नही होते जबकि आचार्य अनिरुद्ध की व्याख्या कही अधिक स्पष्ट एव सन्तोषजनक है। डॉ० रिचर्ड गार्वे ने ५/३२ वें सूत्र को रपष्ट किया है।[१६७] अधेयशक्तियोग पचशिख [१६८] का अर्थ आचार्य अनिरुद्ध के अनुसार पचशिखाचार्य के मत मे पदार्थों पर आरोपित शक्ति के साथ सम्बध का नाम व्याप्ति है। यदि यह व्याप्ति निज या सहजशक्ति होता है आरोपित न होती तो किसी अव्युत्पन्न या अज्ञ व्यक्ति को भी वरतु का प्रत्यक्ष होने पर उस व्यक्ति का भी प्रत्यक्ष होना चाहिए था परन्तु ऐसा होता नही। इसलिए व्यक्ति को पदार्थ मे आरोपित शक्ति मानना चहिए प्राकृतिक अथवा सहज नही। यद्यपि शक्ति के वास्तविक होने पर किसी पदार्थ के प्रत्यक्ष के साथ उसकी उस वास्तविक या सहज शक्ति का प्रत्यक्ष होना चाहिए तथापि पदार्थों की सभी शक्तियो का रवत ग्रहण असेम्भव है जैसे पिता पुत्र का पाररपरिक सबध वास्तविक होने पर भी बिना बताये दोनों को देखने मात्र से नही ज्ञात होता। दूसरे शब्दो में व्याप्ति पदार्थों की शक्ति के साथ सम्बन्ध का नाम है चाहे वह कल्पित हो अथवा सहज।

भावागणेश कृत तत्वयाथार्थ्य–दीपन गे पचशिखाचार्य के चार श्लोको का उल्लेख उसकी प्रामणिकता के साथ किया गया है।[१६९] तत्त्वसमास–सूत्रो की प्राचीनतम टीका क्रमदीपिका मे भी वे श्लोक मिलते है और प० उदयवीर शारत्री[१७०] उक्त धारणा की सभावनाओ को स्वीकार करते है। उक्त चारों श्लोक निम्नवत है –

(१) पचविशति तत्त्वज्ञो यत्र कुत्राश्रये वरान।
जटी गुण्डी शिखी वापि मुच्यते नात्र राशय।।[१७१]

(२) तत्त्वानि मो वेदयते यथावद् गुण रवरूपाण्याधि दैवत च।

विमुक्ता पाप्मा गतदोषसघो गुणास्तु मुक्ते न गुणै स भुज्यते।।[१७२]

(३) प्राकृतेन तु बन्धेन तथा वैकारिकेण च।
दक्षिणभिस्तृतीयेन बद्धो जन्तुर्विवर्तते।।[१७३]

(४) आद्यौ तु मोक्षो ज्ञानेन द्वितीयो रागसक्षयात।
कृच्छक्षयान्तृतीयस्तु व्याख्यात मोक्षलक्षणम।।[१७४]

इस प्रकार पहले एव दूसरे उद्धरण मे समस्त तत्त्वो के ज्ञान के फल सम्बधी कथन है जिसमे अध्यास मे त्रयोदशकरण अधिभूत मे कारणो के त्रयोदश विषय तथा अधिदेव मे करणो के त्रयोदश देवताओ की व्याख्या कर इन्हे रवरूपभूत चित् से भिन्न माना गया है। तीसरे उद्धरण मे त्रिविध बन्धन प्राकृत बध अष्ट प्रकृतियो (अव्यक्त महत् अहकार एव पचतन्मात्राए) द्वारा वैकारिक बन्ध प्रकृति के शब्दादि विकार युक्त मन द्वारा और दाक्षिणा द्वारा का उल्लेख है, जबकि चोथे मे त्रिविध मोक्ष तत्वज्ञान द्वारा प्राकृत बध से राग क्षय द्वारा वैकारिक बध से और धर्माधर्म क्षय द्वारा दाक्षिणाबन्ध से मुक्ति पाने का उल्लेख है।

महाभारत के शान्तिपर्व के २१६वे अध्याय मे पचशिख वाक्य जो वेदान्त सिद्धान्तो से प्रभावित एव मिश्रित है। ये जनदेव जनक के प्रश्न का उत्तर आचार्य पचशिख इस प्रकार देते है– यह मनुष्य– शरीर, इन्द्रिय एव चित्त का समाहार मात्र है। तात्पर्य यह है कि अनादि अविवेक के कारण असग एव अपरिणामी चित्त पुरुष का परिणामी तथा अचित्– चित् या बुद्धि एव उसके शरीरेन्द्रिय आदि कार्यो के साथ अनादि सयोग होने से मनुष्य नामक समाहार बनता है। ज्ञान होने से न तो इसका अन्त अभाव मे होता है और न किसी भाव मे केवल अनादि सयोग के नष्ट हो जाने पर यह समाहार नष्ट हो जाता है और अपने विशुद्ध चितरूप मे पुरुष प्रतिष्ठित हो जाता है।[१७५] यह शरीर भी एक नही अपितु अनके तत्त्वो का समाहार है[१७६] मे तत्त्व पाच है अकाश, वायु अग्नि जल एव पृथ्वी।[१७७] इन्द्रियॉ भी पाच है श्रवण रपर्श जिह्वा चक्षु एव घ्राण मूर्त रूपी द्रव्यो के साथ शब्द रपर्श रूप रस एव गन्ध इन इन्द्रियो के ग्राह्य विषय है।[१७८] इस समस्त गुण समाहार को आत्मरूप से देखते हुए पुरुष का असत् दृष्टि से होने वाला अनत दु ख सान्त नही होता है।[१७९] द्रष्टा आत्मा अर्थात पुरुष मे देखे जाने वाला दृश्य अनात्म ही है। क्योकि जो

द्रष्टा है वही दृश्य कैसे हो सकता है? इसी दुखात्मक अनात्मा के आरोप से दृक् आत्मा अपने को दुखी मानता है ।अत इस सबका त्याग ही दु ख का आत्यन्तिक विनाश है।[१८०] पचकर्मेन्द्रिय मन प्राण तथा पचकर्मेन्द्रिय रवरव विषयो के सहित त्याज्य है।[१८१] यह समस्त अनात्म पदार्थ मूलत सत्व रजस एव तमस नाम तीनो गुणो का ही उपज है। इनमे सत्व के लक्षण या कार्य प्रहर्ष प्रीति आनान्द सुख शान्ति आदि रजत के लिग अतुष्टि परिताप लोभ अक्षमा आदि तथा तमस के लिग अविवेक मोह प्रमाद रवप्न आलरय आदि है।[१८२]

आचार्य पचशिख तीनों गुणो की प्रकल्पना[१८३] को मानते है और पुरुष को आणविक आकार का इनके अनुसार प्रकृति पुरुष के सम्बध का आधार कर्म नही अपितु भेद का अभाव है।[१८४] उपरोक्त विवरण के सम्बध मे आचार्यगण वाचरपति मिश्र विज्ञानभिक्षु तथ हरिहरानन्द आरण्यक के अतिरिक्त अन्य भाष्यटीकाकारों ने भी आचार्य पचशिख का वचन होने की बात मानी गयी है। इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे वचन भी हैं जिसके सबध मे उक्त विद्वानगण भले ही उन्हे पचशिख वचन मानने मे सन्देह करे। किन्तु रवमत सामन्जस्य के अतिरिक्त योग भाष्यकार के उद्धृत करने के समान ढग से भी उन्हे पचशिखरात्र मानना उचित होगा जो कि इस प्रकार है –

(१) स खल्वय ब्राह्मणो यथा यथा व्रतानि बहूनि समादित्सते तथा प्रमादकृतेभ्यो हिसादिनिदानभ्यो निवर्तमानस्तामेवावादात रूपामहिसा करोति[१८५] इसे आचार्य भिक्षु अत्रैवागमिकाना सम्मतिमाह आदि शब्दो द्वारा प्रस्तुत करते है तो आचार्य भिक्षु ने योगभाष्यकार के यथा चोक्ता शब्दो को दुहरा दिया है।

(२) महामोहमयेनेन्द्रजालेन प्रकाशशील सत्वमावृत्य तदेवाकार्ये नियुक्ते[१८६] आचार्य भिक्षु इसे अत्रैवागामिनामनुमतिमाह आदि द्वारा तो आचार्य भिक्षु पूर्वाचार्यवाक्य प्रमाणयाति और विद्वान हरिहरानद आरण्यक पूर्वाचार्यराम्मतिमाह आदि द्वारा प्रस्तुत करते है।

(३) तपो न पर प्राणायामात ततो विशुद्धिर्मलाना दीप्तिश्च ज्ञानस्य[१८७] इसे आचार्य मिश्र अत्राप्यागमिनामनुमतिमाह द्वारा तो आचार्य भिक्षु इरा पर कुछ नही कहते है।

(४) जलभूम्यो पारिणामिक रसादिवैश्वरूप्य स्थावरेषु दृष्ट तथा स्थावराणा जगमेषु जगमाना स्थावरेषु[१८८] इसके प्ररतुतीकरण मे आचार्य मिश्र ने तदेवोपपादयति शब्द तो आचार्य भिक्षु ने अतार्थ पूर्वाचायैरिद वक्ष्यमाण प्रमाण मुक्तम शब्दादि द्वारा प्रस्तुत किया है।

(५) एक जाति समान्विमानामषा धर्ममात्रव्यावृति[१८९] मे उद्धृत भाष्य शब्दावली तथा चोक्त का ही उल्लेख आचार्य मिश्र ने किया है जबकि आचार्य भिक्षु इसके स्थान पर पूर्वाचार्य वचन कहा है।

(६) ये चैते मैत्र्यादयो ध्यायिना विहारस्ते बाह्यसाधननिरनुग्रहात्मान प्रकृष्ट धर्ममभिनिर्वतयन्ति[१९०] भाष्य मे उद्धृत तथा चोक्तम का ही प्रयोग आचार्य भिक्षु करते है तो आचार्य मिश्र इसके स्थान पर सम्मातिमाचार्याणामाह इत्यदि शब्दो का प्रयोग करते है।

(७) रवभाव मुक्त्वा दोषाद् येषा पूर्वपक्षे रुचिर्भवति अरुचिश्च निर्णये भवति[१९१] इसे अनधि ाकारिणभागामिना वचनेन दर्शयति द्वारा आचार्य मिश्र तो उक्त पूर्वाचार्यै आदि द्वारा द्वारा आचार्य भिक्षु ने प्रस्तुत किया हे।

डॉ० दासगुप्ता महाभारत[१९२] ओर मत्रयपुराण[१९३] मे उल्लिखित २६वें तत्त्व के रूप मे ईश्वर सबधी मत को देखकर परम्परया साख्य को सेश्वर मानते है। लेकिन २४वे तत्त्वो वाले मत को मौलिक साख्य मानते हुए इसे पचशिख साख्य मत कहते है।[१९४] परन्तु जिस मौलिक राख्य को डॉ० दारागुप्ता आर्चाय पचशिख का गत गानते है। डॉ० राधाकृष्णन्[१९५] और कीथ[१९६] उसका विरोध यह कहते हुए करते है कि उक्त आर्चाय पचशिख को साख्यचार्य नही मान सकते। क्योकि इनके मत मे आचार्य पचशिख ब्रह्मसिद्धात के समर्थक अथवा प्रवर्तक थे। किन्तु यह मत उचित प्रतीत नही होता। क्योकि महाभारत[१९७] से सिद्ध है कि वह आचार्य्र पचशिख ही थे। जिन्होने महार्षि कपिल के शिष्य आचार्य आसुरि से उपदेश प्राप्त किया। चीनी परम्परा मे एक पचशिखाचार्य का उल्लेख मिलता है। लेकिन उन्हे महर्षि कणाद् जो वैशेषिक दर्शन के सस्थापक थे, का शिष्य बताया गया है। अत वे साख्याचार्य पचशिख से भिन्न है।[१९८] इस प्रकार महाभारत के जनकपचशिखसवाद परिच्छेद व अन्य उद्धरणो के साथ साख्ययोग दर्शन से

सबधित विभिन्न ग्रन्थों मे उपलब्ध पचशिख वचनो मे प्रतिपादित सिद्धात प्रायेण एक ही है। अत आचार्य पचशिख साख्यमत के ही प्रतिपादक है।

(IV) आचार्य वार्षगण्य

आचार्य वार्षगण्य का उल्लेख महाभारत के शान्तिपर्व[१९९] के महावल्म्भ जनक सवाद मे मिलता है। साख्यकारिका की टीका युक्तिदीपिका[२००] मे आचार्यों का उल्लेख जो कालक्रमानुसार नही हुआ है– सक्षपैणतुद्वाव------------ हारीतवाद्धलिकैरात पौरिकर्षभेश्वर पञ्चादिकरण पतजलिवार्षगण्यकौण्डिण्य– मूलादिक शिष्य परम्पारयागम---------------। पडिण्त उदयवीर शास्त्री के अनुसार वार्षगण्य अर्थात वृषगणगोत्र मे उत्पन्न हुआ व्यक्ति गोत्रनाम प्रतीत होता है सासकारिक नाम नही।[२०१] जैसा कि आसुरि आचार्य के विषय मे माना जाता है। उसकी सिद्धि वृषगण पद से मानी गयी जो गर्गादिगण[२०२] मे पठित है। आचार्य वार्षगण्य का समय महर्षि पाणिनि से प्राचीन सभवत भारत युद्ध काल से भी पूर्व माना जाता है।[२०३]

षष्टितत्र का रचना को लेकर जो विवाद रहा है कुछ लोग आचार्य वार्षगण्य को उसका कृतिकार मानते है। परन्तु प्रो० हिरियन्ना एव पण्डित शास्त्री ऐसा नही मानते है। इसकी पुष्टि इससे भी होती है कि आचार्य ईश्वरकृष्ण ने अपनी उपसहारात्मक कारिकाओ मे जहाँ महाषि कपिल आचार्य द्वय असुरि एव पचशिख इन तीन सर्व प्राचीन प्राचार्यों का साक्षात् उल्लेख कर तत्र विकसित करने मे आचार्य द्वय आसुरि एव पचशिख के योगदान की प्रशसा की है। वही आचार्य वार्षगण्य का उल्लेख भी नही किया गया है। वास्तव मे महार्षि कपिल प्रवर्तित साख्यशास्त्र के अर्न्तगत आचार्य वार्षगण्य की अपनी एक अलग एक विशिष्ट विचारधारा थी जैसे आपके अनुसार करण ग्यारह प्रकार के होते है।[२०४] जबकि महर्षि कपिल तेरह प्रकार के करणो को स्वीकार करते है।[२०५] इस प्रकार आचार्य वार्षगण्य त्रिविध अत करण–बुद्धि मन एव अहकार मे केवल बुद्धि को ही स्वीकार करते है। उसी प्रकार आचार्य ईश्वरकृष्ण एव आचार्य वार्षगण्य प्रत्यक्ष प्रमाण के लक्षण को अलग–अलग ढग से प्रस्तुत करते है। युक्तिदीपिकाकार ने आचार्य वार्षगण्य द्वारा प्रतिपादित लक्षणो का निर्देश इस प्रकार किया है– श्रोतादिवृत्तिरितिवार्षगणा,'[२०६]

उसी प्रकार का प्रत्याख्यान न्यायवार्तिक की टीका न्यायवार्तिकतात्पर्य मे आचार्य वाचरपति मिश्र ने लिखा है– वार्षगण्यास्यापि लक्षणमयुक्तमित्याहसोत्रारिवृत्तिरिति ।[२०७] जबकि आचार्य ईश्वरकृष्ण ने ५वी कारिका के प्रथम चरण मे दृष्ट अर्थात प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण प्रतिविषयाध्यवसाय दिया है।

प्रो० हिरियन्ना[२०८] मायेव और मायैव मे अन्तर कर प० उदयवीर शास्त्री के इस वाक्य का विरोध करते है कि अमरकोश मे भी इव और एव पदो को समानार्थक माना गया है। प्रो०हिरियन्ना के मत मे यह विशेष परिस्थिति मे सामान्यीकरण करने का प्रयास है।[२०९] क्योकि तत्त्ववैशारदी मे मायेव का अर्थ इस प्रकार है कि गुणो का मूल रूप अर्थात अव्यक्त अथवा प्रधान जो कि दृष्टिपथ मे नही आता माया से विपरीत धर्म वाला होने के कारण नित्य ही परमार्थ है। उसके विपरीत जो दृष्टिपथ मे आने वाला गुणो को व्यक्त रूप अथवा उसके विकार है वे सर्वथा माया तो नही किन्तु माया की तरह अवश्य ही आर्विभाव – तिरोभाव वाले अर्थात अनित्य का विनाश है।[२१०] इसी प्रकार अतएव योग शारत्रमत्युत्पादमिताहरम भगवान् वार्षगण्य गुणानाम ------------------ सुतुच्छकम् इति मे मायैव का अर्थ है कि गुणो गुणात्मक प्रधान का ग्रहण योग की व्युत्पत्ति के लिए निमित्त या द्वार से ही किया गया है स्वरूप अर्थात् वास्तविक प्रतिपाद्य के रूप मे नही क्योकि गुणो मे तत्त्व का वरतु कुछ भी नही है वे सर्वथा अतात्त्विक रवरूपत शून्य का माया मात्र है। इस प्रकार मायेव का अर्थ जगत की विनाशशीलता है और मायेव का अर्थ काल्पनिकता है। अत दोनो एक नही है। प्रो० हिरियन्ना यहॉ पर मायेव पाठ षष्टितत्र रो गानकर गायैव को आचार्य वार्षगण्य का गानते है।

प्रो० हिरियन्ना ने आचार्य वाचरपति मिश्र की भामती[२११] मे आचार्य वार्षगण्य के नाम उद्धृत गुणानाम् परम रूप न दृष्टिपथमृच्छति। यन्तुदृष्टिपथ प्राप्ततन्मायैव सुतुच्छकम् श्लोक के आध ार पर आचार्य वार्षगण्य को ब्रह्मपरिणामवादी कहा है। लेकिन प० उदयवीर शास्त्री[२१२] इसका खण्डन करते हुए कहते है कि आचार्य वार्षगण्य मूल उपादान कारण को चेतन नही अपितु अचेतन प्रधान[२१३] को मानते है जो जगत का मूल है। वास्तव मे आचार्य वाचरपति मिश्र ने भामती मे इच्छानुसार मूल मायेव का मायेव मे परिवर्तित कर दिया पर एक बात नही भूले कि इसका

उल्लेख आचार्य वार्षगण्य के साथ किया है। यही कारण है कि प्रो० हिरियन्ना मायेव और मायैव का जो महत्वपूर्ण भेद माना है वह आचार्य वाचरपति मिश्र के व्याख्यानो से भी समर्थित है। अत मायैव पाठ एव उसका पाठ जो कुछ दिखाई पडता है वह माया है। प्रधानवादी वार्षगण्य के मत रो अरागत है। क्योकि प्रधानवाद के अनुरार जगत आर्विभाव – तिरोभाव धमर्क होने के कारण मायेव ही कहा जा सकता है मायैव नही। योग भाष्यकार व्यासदेव के साक्ष्य के आधार पर भी आचार्य वार्षगण्य प्रधानवादी साख्य योगाचार्य सिद्ध होते है। यथा– अतउक्तम्– मूर्तिव्यवधिजाति–भेदाभावान्नास्ति मूलपृथकत्व इति वार्षगण्य।[२१४] इसकी जो व्याख्या आचार्य मिश्र[२१५] करते है वह भी उक्त मत का ही समर्थन करती है। भामती मे आचार्य वार्षगण्य के नाम उद्धृत गुणाना परम रूप न दृष्टिपथमृच्छति की व्याख्या भामतीकार रपष्ट नही करते क्योकि दृष्टिपथ मे न आने वाला गुणो का परम रूप त्रिगुणात्मक अव्यक्त का प्रधान के अतिरिक्त ब्रह्म इत्यादि कुछ भी नही हो सकता है। अपनी विशिष्टता के कारण हो सकता है कि आचार्य वार्षगण्य साख्याचार्य होने पर भी स्थूल जगत को माया मानते हो परन्तु वे ब्रह्मवादी कदापि नही हो सकते।[२१६]

साख्यकारिका का प्रचीन वाक्य युक्तिदीपिका मे आचार्य वार्षगण्य के साख्ययोग विषयक कुछ विशिष्ट मत निम्नवत है –

(i) तथा च वार्षगणा पठन्ति –

तदेतत त्रैलोक्य व्यक्तेरपैति न सत्त्वात् अपेतमप्यस्ति विनाशप्रतिषेधात्। ससर्गाच्चास्य सौक्ष्म्य सोक्ष्म्याच्चानुपलब्धि तस्माद् व्यक्त्यपगमो विनाश। सतु द्विविध – आसर्गप्रलयात् तत्त्वाना कालान्तरावस्थानादितरेषाम् इति [२१७]

(ii) तथा च भगवान् वार्षगण्य पठति–

रूपतिशमा वृत्त्यतिशयाश्च विरुध्यन्ते सामान्यानि तातिशमै स वर्तन्त[२१८]

(iii) तथा च वार्षगणा पठन्ति –

बुद्धिवृच्याविष्टो हि प्रत्ययत्वेनानुवर्तमानामनुयाति पुरुष [२१९] इति

(iv) वार्षगणाना प्रधानात् महानुत्पद्यते[२२०]

(v) एकरूपाणि तन्मात्राणीत्यन्ते एकोत्तराणीति वार्षगण्य[२२१]

(vi) करण एकादशविधामिति वार्षगणा[२२२]

(vii) यदि यथा वार्षगणा आहु –

लिगमात्रो महानसवेद्य कार्यकारणरूपेणाशिविष्टो

विशिष्टलक्षणेन तथा रयात्तत्वान्तरम्[२२३]

(viii)वार्षगणाना तु यथा रत्रीपुशरीराणामचेतनानामुछिश्येतरेतर

प्रवृत्तिस्तथा प्रधानरयेत्यय दृष्टान्त[२२४]

सर्वाधिक महत्वपूर्ण वह सिद्धात है जिसमे आचार्य वार्षगण्य ने आदिम सर्ग मे प्रधान की प्रवृत्ति को चेतन पुरुष की सहायता के बिना ही माना है। आचार्य वार्षगण्य के इस सिद्धान्त को युक्तिदीपिका[२२५] मे उद्धृत किया गया है। अर्थात् प्रधान की प्रवृत्ति आदि सर्ग मे ज्ञानपूर्वक नही होती है पुरुष रो ऊपर गृहीत अर्थात् चेतनानिरपेक्ष की प्रकृति रवकार्य मे प्रवृत्त होती है। इस प्रकार आचार्य वार्षगण्य का मत चेतन–निरपेक्ष प्रकृति की प्रवृत्ति का प्रतिपादन करता है। परन्तु इसके विपरीत माठरवृत्ति एव गौडपादभाष्य मे षष्टितत्र नाम से उद्धृत पुरुषाधिष्ठितम् प्रधान प्रवर्तते वाक्य मे चेतन पुरुष से परिगृहीत या मुक्त प्रकृति की प्रवृत्ति का ही सिद्धान्त प्रतिपादित है। यह वाक्य सभावत आचार्य पचशिख का है इसमे कथित सिद्धान्त साख्यसूत्र के 'तत्सन्निधानादधिष्ठातृत्वम् मणिवत मे भी प्रतिपादित है इस प्रकार आचार्य वार्षगण्य के अनेक सिद्धान्तो का उल्लेख साख्ययोग दर्शन के प्राचीन साहित्य मे मिलता है। सर्वाधिक उल्लेख साख्यकारिका की प्राचीन टीका मुक्तिदीपिका मे है एक उल्लेख व्यासभाष्य मे है तो छिटपुट विचार भामती साख्यतत्त्वकौमुदी न्यायवार्तिक आदि मे मिलता है यथा –

(i) अतएव पचपर्वा अविद्या इत्याह भगवान् वार्षगण्य[२२६]

(ii) सम्बन्धादेकस्मात प्रत्यक्षाच्छेषसिद्धिरनुमान[२२७]

(V) आचार्य ईश्वरकृष्ण

आचार्य ईश्वरकृष्ण का उल्लेख जैनग्रन्थ अनुयोगद्वारसूत्र मे उल्लिखिल जैनेतर ग्रन्थो मे

से एक कनगसत्तरी के सन्दर्भ मे किया जाता है जो कि साख्यसप्तति अर्थात् साख्यकारिका का ही एक नाम था। चीनी यात्री कुईची के मत मे उक्त ग्रन्थ के रचयिता को पारितोषिक के रूप मे तीन लाख स्वर्ण मुद्राए प्राप्त होने के कारण इसका नाम हिरण्यसप्तति अर्थात् कनकसप्तति कहा गया। परन्तु डॉ० बेल्बाल्कर के अनुसार हिरण्यसप्तति[२२८] एक व्याख्यान् ग्रथ है जो आचार्य विन्ध्यवास की थी।[२२९] किन्तु डॉ० बेल्बाल्कर ने योगवृत्ति मे उदधृत विन्ध्यवास वचन के आधार पर जो उक्त मत दिया है वह ग्रथ गद्यात्मक है तब ऐसे व्याख्यान ग्रथ का नाम हिरणसप्तति कैसे उचित होगा? क्योकि सप्तति यह गणनापरक शब्द पद्य के सबध मे प्रयुक्त होती है अत बेल्बल्कर का मत असगत है। आचार्य ईश्वरकृष्ण कृत साख्यकारिका साख्य दर्शन का सर्वाधिक प्रचलित एव सर्वविदित ग्रथ है[२३०]। यह ग्रन्थ छन्दोबद्ध कारिकाओ से युक्त है जो वस्तुत सूत्र ही जान पडती है। सूत्रो की भाति ये कारिकाए भी सारवद्विश्वतोमुखम् ही है थोडे मे विविध अर्थजात इनमे भरा हुआ है। यही कारण है कि ये गुरु गम्भीर और दुरुह रही परिणामरवरूप ग्रथ रचना के बाद ही से व्याख्यान और टीकाए लिखी जा रही है।

साख्यसप्तति की टीका माठरवृत्ति के चीनी अनुवाद मे आचार्य ईश्वरकृष्ण को साख्यसप्तति का रचयिता और पो–पो–ली का शिष्य कहा गया है। पो–पो–ली का हिन्दी अनुवाद शिष्यपरम्परयागत पद की व्याख्या करते हुए जापानी विद्वान डॉ० तकाकुसु वर्ष अर्थात (पोपोली > पोसोली > पोलिसो > वरीसो > वर्ष) वार्षगण्य मानते है, किन्तु आचार्य द्वय ईश्वरकृष्ण और वार्षगण्य मे ऐतिहासिक कालक्रम का इतना अन्तर है कि ये गुरु–शिष्य परम्परा मे नही गाने जा सकते। इसका खण्डन डॉ० बेल्बाल्कर करते हुए पोपोली का सबध आचार्य देवल से मानते है क्योकि माठराचार्य[२३१] के द्वारा उल्लिखित आचार्यो मे आचार्य देवल अन्तिम है इस आधार पर यहॉ आचार्य ईश्वरकृष्ण का गुरु आचार्य देवल को माना है। लेकिन प० शास्त्री इसके विरुद्ध कहते है कि आचार्य देवल के पश्चात प्रभृति और उसके बाद तेभ्य आया है। जिससे रपष्ट है कि आचार्य द्वय देवल और ईश्वरकृष्ण के बीच भी कई आचार्य हुए यद्यपि पोपीली का अर्थ 'कपिल करना उचित होगा क्योकि एक तो आचार्य ईश्वरकृष्ण जिस ग्रथ तत्र अर्थात् षष्टितत्र का सक्षेप किया है उसका साक्षात् सबध महर्षि कपिल से है और दूसरे माठरवृत्ति मे सर्वप्रथम साख्याचार्य कपिल का साक्षात निर्देश है कपिलादासुरिणा

प्राप्तम । अत परम्परा का मूल आचार्य होने के कारण महर्षि कपिल को आचार्य ईश्वरकृष्ण का गुरु मानना शिष्यपरम्परयागत और ऐतिहासिक व तार्किक दृष्टि से भी सगतपूर्ण है।

सामान्यत आचार्य ईश्वरकृष्ण के सप्तत्या किल येऽर्थास्तेऽर्था कृत्स्नस्य षष्टितत्रस्य[२३२] रवकीय कथन से ही कारिकाओ साख्यविषयक विवाद का साधान हो जाना चाहिए था परन्तु ऐसा नही हुआ। वर्तमान मे बहत्तर कारिकाए उपलब्ध है जबकि उक्त कथनानुसार सत्तर कारिकाए होनी चाहिए। अत प्रश्न उठता है कि ऐसी कौन–सी दो कारिकाए है जो प्रक्षिप्त हो सकती है। लोकमान्य तिलक विल्सन महोदय[२३३] की इस बात से सहमत है कि साख्यकारिका मे सत्तर कारिकाए ही थी तथा गौडपादभाष्य मे उनहत्तर कारिका तक का ही भाष्य मिलता है यहाँ बीच की एक कारिका लुप्त हो गई है।[२३४] लोकमान्य तिलक अपने समर्थन मे कहते है कि गौडपादभाष्य[२३५] मे भी सत्तर कारिका की बात कही गई है। लुप्त कारिका के लिए गौडपादभाष्य के आधार पर इकसठवी कारिका के बाद की कारिका होना बताया है। क्योकि इकसठवी कारिका का[२३६] जो भाष्य मिलता है उसमे एक नही दो कारिकाओ का भाष्य सम्मिलित है। इसमे एक तो इकसठवी कारिका की जिसमे प्रकृति के सुकुमारत्व का वर्णन है और दूसरी कारिका जो इसके बाद की होनी चाहिए जिसमे ईश्वरादि कारणता का उल्लेख है। उक्त लुप्त कारिका इस प्रकार की हो सकती– कारणमीश्वरमेके ब्रुवते काल परे रवभाव वा। प्रजा कथ निर्गुणता व्यक्त काल रवाभावश्च' क्योकि पूर्वकाल मे स्वभाव काल एव ईश्वर भी जगत के कारण माने जाते थे यह बात श्वेताश्वर उपनिषद् के स्वभावमेके कवयो वदन्ति काल तथान्ये परिगुह्यमाना। देवरयैष तु लोके ये नेद भ्राम्यत बाहाचक्रम मत्र से रपष्ट होती है। किंतु एस० सूर्यनारायण शास्त्री ने इसका खण्डन करते हुए कहा कि इकसठवी कारिका के गौडपादभाष्य[२३७] और माठरवृति[२३८] के अन्तिम भाग मे किया गया है सुकुमारतम शब्द का परामर्श इस सभावना का सर्वथा निराकरण कर देता है कि इकसठवी कारिका के भाष्य का उत्तरार्ध किसी अन्य का भाष्य है क्योकि सुकुमारतम पद इकसठवी कारिका मे ही स्थित है। फिर ईश्वर–निषेध वाली कारिका के लुप्त होने की तो कारिका से लुप्त होने के साथ भाष्य से भी लुप्त करनी चाहिए थी जो गौडपादभाष्य के साथ माठरवृति मे भी उलट–फेर करनी पडती। डॉ० हरदत्त शर्मा[२३९] का तर्क है कि तत्र सुकुमारतर वर्णयति के अनतर न पुनर्दर्शनमुपयाति पुरुषस्य' पक्ति आनी

चाहिए न कि के चिदीश्वर कारण ब्रूवते क्योकि ईश्वरादि की कारणता का कथन प्रकृति की सुकुमारता का वर्णन नही है। इकसठवी कारिका के बाद बासठवी कारिका मे आचार्य ईश्वरकृष्ण ने जो विषय प्ररतुत किया है उसमे भी क्रमबद्धता और विषयरूपता है। अत इनके बीच लोकमान्य तिलक का एक नई कारिका जो ईश्वर कारणता का निषेध करती है की आशा करना अतार्किक और काल्पनिक है।

विद्वान अय्यारवामी शास्त्री[२४०] का मत है कि चीनी भाषा मे अनुदित सरकृत टीका मे अपनाई गई सोलह विकारो की उत्पत्ति की पद्धति साख्यकारिका से सर्वथा भिन्न है। २२वे और २५वे कारिका से रपष्ट है कि एकादश इन्द्रिया व पचतन्मात्राए अहकार से तथा पचतन्मात्राओ से पचमहाभूत उत्पन्न होते है। किन्तु ३ ८ १० १५ ५६ ५६ और ६८वी कारिका की व्याख्या मे चीनी अनुदित सरकृत टीका सोलह विकारो (एकादशेन्द्रिय और पचमहाभूत) को पचतन्मात्राओ से निकला हुआ बताते है। जबकि यह २१ २५ २६ ओर २७ वी कारिकाओ इस विषय मे विरोध नही करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य ईश्वरकृष्ण के समय तक और कुछ समय बाद तक भी विकारो की उत्पत्ति प्रक्रिया अनिश्चित थी। क्योकि उनके समकालीन एव कुछ पूर्ववर्ती व परवर्ती ग्रथो मे भी इससे नितान्त भिन्न विवरण प्राप्त होते है। यही नही साख्यकारिका की २२ २४ २५ और ३६ वी कारिका के आधार पर सूक्ष्मशरीर को अटठारह तत्त्वो से बना हुआ माना जाता है। गौडपादभाष्य के अतिरिक्त टीकाए भी यही मानती है। किन्तु चीनी अनुदित सस्कृत टीका सूक्ष्मशरीर को सात तत्त्वो (महत् + अहकार + पचमन्मात्र) से निर्मित मानती है। इस बात का समर्थन गौडपादभाष्य के अतिरिक्त अन्यत्र कही नही मिलता। तत्त्वज्ञान प्राप्त करने के लिए छ प्रकार के अवलोकन या विचार और आठ प्रकार के बुद्धभग जिनकी कोई भी चर्चा किसी भी टीका मे नही मिलती। इसलिए यह कहना गलत नही होगा कि इन तथ्यो का उद्‌भव या आरम्भ–पष्टितत्र जैसे कुछ अत्यन्त प्रचीन ग्रथो से हुआ हो। लकिन इस सबध मे प० उदयवीर शास्त्री[२४१] के अनुसार आचार्य ईश्वरकृष्ण ने पदार्थों के प्रादुर्भाव तथा उनके क्रम की एक ही निश्चित रीति को रवीकार किया है और यह भी आचार्य ईश्वरकृष्ण के लेखानुसार निश्चित है कि वही रीति षष्टितत्र मे भी रवीकृत की गई है। पचाधिकरण के अतिरिक्त अन्य सभी उपलब्ध साख्याचार्यों के लेखो मे इन्द्रियो को अहकारिक ही माना गया है भौतिक नही। इसके विपरीत

अन्य अनेक दार्शनिक सप्रदाय जैसे—न्याय वैशेषिक बौद्ध शाकरवेदान्त आदि इन्द्रियो को भौतिक ही मानते है। साख्याचार्य पचाधिकरण भी यही मानते है। फिर जिस चालीसवी कारिका के आधार पर चीनी अनुवाद मे सूक्ष्मशरीर को सात तत्वो वाला माना गया है। उसी के आगे १० ४१ ४२ और ६२वी कारिका के चीनी अनुवाद मे सूक्ष्मशरीर के अटठारह तत्त्व स्वीकार किये गऐ है।[२४२] जबकि बयालिसवी कारिका के गौडपादभाष्य मे सूक्ष्मशरीर को अट्ठारह तत्त्वो का माना गया है। अय्यास्वामी शास्त्री आगे कहते है कि परमार्थ के साक्ष्य के आधार पर हमे स्वीकार करना पडेगा कि आचार्य ईश्वरकृष्ण ने केवल सत्तर ही कारिकाए लिखी थी न एक कम और न एक अधिक। क्योकि वसुबन्धुचरित मे लिखा है कि आचार्य वसुबन्धु ने सुवर्णसप्तति अर्थात् साख्यकारिका का खण्डन करने के विशिष्ट अभिप्राय से ही उसका अनुकरण करते हुए सत्तर कारिकाओ का अपना परमार्थसप्तति नामक ग्रथ लिखा। कारिका तिरसठ जिसका अनुवाद परमार्थ ने नही किया है तथा कारिका बहत्तर जिसे चीनी अनुवाद मे किसी मेधावी की उक्ति कहा गया है। चूँकि यह कारिका चीनी भाषा मे अनुदित नही हुई है और इस कारण से परमार्थ के समय के बाद का प्रक्षेप प्रतीत होता है।[२४३] लोकमान्य तिलक को छोडकर सोवानी अय्यास्वामी और विल्सन बहत्तरवी कारिका को प्रक्षिप्त मानते है जबकि कारिकाओ के सत्तर होने की अकाटय सूचना बहत्तरवी कारिका से ही प्राप्त होती है अत यह मत असगत है। लेकिन सोवानी के मत मे भी असगति है जब वे सत्तरवी को उनहत्तरवी से कम महत्वपूर्ण नही समझते जो साख्य के प्राचीन आचार्यों की परम्परा एव उसके अविच्छिन्न सप्रदाय को बताने के लिए आवश्यक है।[२४४] प० उदयवीर शास्त्री ने चीनी अनुवाद के मूल जो ५५७—५६९ ईस्वी के बीच मानी जाती है से भी प्राचीन माठरवृत्ति को सिद्ध किया। जिसमे अन्तिम तीनो कारिका पर टीका है। अत गौडपादाचार्य के बाद का इन्हे प्रक्षिप्त मानना नितान्त असगत है।

सम्भव है कि अन्तिम तीन कारिकाओ का दार्शनिक सिद्धान्त की दृष्टि से महत्वपूर्ण न होने के कारण आचार्य गौडपाद ने इसका उल्लेख न किया हो। फिर भी यदि साख्यकारिका के प्रथम टीकाकार आचार्य गौडपाद के भाष्य के आधार पर उक्त तीनो कारिकाओ को प्रक्षिप्त मानकर हटा दिया जाये तो सत्तरहवी और इकहत्तरवी कारिका का मूल ग्रथ मे सम्मिलित न होने पर उनहत्तरवी कारिका के वर्णन के अनुसार साख्यकारिका के रचयिता महर्षि कपिल होगे और

तब साख्यकारिका की प्रामाणिकता पर प्रभाव पडेगा। क्योकि सत्तरवी कारिका प्राचीन आचार्य परम्परा का निर्देश करती है एव इकहत्तरवी कारिका शिष्य–परम्परा द्वारा मूल शास्त्र के आचार्य ईश्वरकृष्ण तक पहुँचने का निर्देश करती है। जबकि बहत्तरवी कारिका इस ग्रथ की रचना का कथन करके इराकी पूर्व प्रतिपादित प्रामाणिकता को सुदृढ करती है। यहाँ प० शास्त्री[२४५] के अनुसार इन चारो कारिकाओ का परस्पर तार्किक सामजस्य इतना सगठित और सतुलित है कि उसमे से एक पद भी हटाया जाना अनर्थ का हेतु हो सकता है। बहत्तरवी कारिका मे उद्धित सप्तति का शब्दार्थ सत्तर अवश्य है परन्तु इसका अभिप्राय यहाँ लगभग सत्तर ही है ठीक सत्तर नही। इस प्रकार सम्पूर्ण ग्रथ का नाम सप्तति समझना चाहिए केवल सिद्धान्तपरक सत्तर कारिकाओ का नही। सबसे बडी बात यह है कि युक्तिदीपिका[२४६] मे भी साख्यकारिका को सप्तति कह कर भी पूरी बहत्तर कारिकाओ की व्याख्या की गई है। वास्तव मे साख्यकारिका मे बहत्तर कारिका होने पर भी उसको सप्तति वैसे ही माना गया है जैसे भर्तृहरि की श्रृगारशतक जिसमे १०२ श्लोक है हाल की गाथासप्तशती जिसमे ७०३ पद है अथवा साम्ब की साम्बपचाशिका जिसमे ५३२ श्लोक है का नामोल्लेख किया जाता है।

प्रक्षिप्त अशो को छोड दे तो सूत्र और कारिका के बीच कई विषयो यथा सृष्टिक्रम, सूक्ष्म व स्थूल शरीरो के घटकावयव प्रकृति व पुरुष के रूप मे दो मूल तत्त्व के साथ कुल पच्चीस तत्त्वो के सबन्ध मे समानता है।[२४७] यद्यपि साख्यकारिका की टीका युक्तिदीपिका से स्पष्ट होता है कि कुछ साख्यचार्य प्रधान और महत के बीच एक और सूक्ष्म तत्त्व मानते है लेकिन पचाधिकरण वार्षगण्य आचार्यगण सूत्र और कारिका की भाति ही प्रकृति से सीधे महत् तत्त्व की उत्पत्ति मानते है। अहकार से पचतन्मात्रो की उत्पत्ति प्राय सभी आचार्य मानते है किन्तु आचार्य विन्ध्यवासी महत से छ तत्त्वो (अहकार + पचतमात्र) की उत्पति मानते है। साख्यसूत्र[२४८] मे स्पष्टत इन्द्रियो के भौतिकत्व का खण्डन तथा अहकारिकत्व का कथन किया गया है। प० उदयवीर शास्त्री[२४९] के अनुसार साख्यसूत्र और साख्यकारिका मे महत्वपूर्ण भेद ईश्वर की मान्यता को लेकर है। आचार्य भिक्षु के अनुसार वर्तमान साख्यसूत्र ईश्वर की नित्य सत्ता का खण्डन करता है तथापि यह खण्डन वास्तविक नही। अपितु विशेष अभिप्राय या कारण से किया गया होने के कारण अवास्तविक है। ब्रह्मसूत्रो मे स्वतत्र प्रधानकारणवाद का खण्डन होने से प्रतीत होता है

कि ब्रह्मसूत्रकार बादरायण व व्यास से पूर्व साख्य निरीश्वरवादी था एव उपलब्ध साख्यसूत्रो मे ईश्वर विषयक एकाध सूत्र तो ऐसे है जिन्हे ईश्वर खण्डनपरक मानने के अतिरिक्त और कोई उपाय नही है। आचार्य ईश्वर कृष्ण की साख्यकारिका मे प्रत्यक्षत ईश्वर का खण्डन तो नही किया गया है तथापि कही भी उन्होने उसका प्रतिपादन भी नही किया है। यहॉ तक कि प्रकृति से सृष्टि मानी गई है और ज्ञानाभ्यास के सन्दर्भ मे भी ईश्वर का उल्लेख नही किया गया है। अत आचार्य ईश्वरकृष्ण अनीश्वरवादी ही थे। परन्तु लोकमान्य तिलक पुरुष को उपादान कारण न मानने के कारण निरीश्वरवादी आचार्य ईश्वरकृष्ण को जडवादी मानते है लेकिन यह मान्यता अनुचित है। क्योकि यह ठीक है कि साख्यकारिका[२५०] मे प्रकृति की सुकुमारता का वर्णन ईश्वर की कारणता का कथन नही है किन्तु के चिदीश्वर कारण ब्रुवते-------तस्मात कालो न कारण नापि स्वभाव इति। तस्मात् प्रकृतिरेव कारण न प्रकृते कारणन्तरमरतीति पूरा भाष्य[२५१] जिसमे ईश्वर काल और स्वभाव की सृष्टि कारणता का पहले पूर्वपक्ष के रूप मे उसके निषेध तथा प्रधान की सृष्टि कारणता का कथन है अवश्य ही प्रधान की सुकुमारता का वर्णन है। जैसा कि ऊपर उद्धृत भाष्याश के ठीक बाद की न पुनर्दर्शनमुपयाति पुरुषस्य इत्यादि भाष्य पक्ति से रपष्ट है। क्योकि पुरुष जब प्रधान के उस वारतविक रवरूप सृष्टि के प्रति उसके उपादानत्व को जान लेता है तो मानो प्रकृति यह जानकर कि पुरुष ने मेरे रवरूप को पहचान लिया है पुन उसके समक्ष नही आती लज्जावती सुकुमारी को भाति उसके निवृत्त या पराडमुख हो जाती है। यह प्रकृति की सुकुमारता का वर्णन है। इसी वर्णन का उपसहार स्वाभाविक रूप से न पुनर्दर्शनमुपयाति पुरुषरय इस पक्ति मे किया गया है। अत लोकमान्य तिलक का यह मनना कि कोई ऐसी कारिका थी, जिसमे ईश्वर की सत्ता का निषेध किया गया था लुप्त हो गई है मानना सगतपूर्ण नही है। आचार्य ईश्वरकृष्ण सृष्टि के उपादान अथवा निमित्त कारण किसी भी रूप मे ईश्वर को न मानने के कारण निरीश्वरवादी आचार्य है और पुरुष को सृष्टि का उपादान कारण न मानते हुए भी निमित्त कारण मानने से आचार्य ईश्वरकृष्ण पुरुषवादी और आध्यात्मवादी है जडवादी कदापि नही। क्योकि आचार्य ईश्वरकृष्ण मोक्ष का हेतु विवेकज्ञान को ही रवीकार करते है।[२५२]

साख्यदर्शन के विकास मे महर्षि कपिल और आचार्यगण पचशिख, जनक जैगीषव्य आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया यद्यपि उनमे से अधिकाश की कृतिया

कालकवलित हो चूॅकी है। किन्तु यह सत्य है कि साख्यदर्शन के समूचे विकास मे साख्यसिद्धान्तो का आचार्य ईश्वरकृष्ण कृत प्रतिपादन एव व्याख्यान अपना अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस सम्बन्ध मे आचार्य ईश्वरकृष्ण कृत साख्यकारिका एक अति महत्वपूर्ण प्रकाशमान ज्ञानदीप है। साख्यकारिका का प्रतिपाद्य विषय वही है जो महर्षि कपिल कृत प्राचीन साख्यग्रथ षष्टितत्र का था। सख्यकारिका मे षष्टितत्र के केवल सिद्धान्तो को ग्रहण कर उनकी आख्यायिकाओ और व्याख्यानो को छोड दिया गया है। वर्तमान मे साख्यदर्शन का जो स्पष्ट और सामान्य धारणा है उसके लिए साख्यकारिका एक दर्पण है जिसका सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है –

साख्यकारिका का प्रारम्भ इस अकाटय सत्य की स्वीकृति से होती है कि जीवन दुखमय है और प्राणिमात्र उससे छुटकारा (मुक्ति) प्राप्त करना चहता है दूसरी कारिका मे मुक्ति के साधन के रूप मे व्यक्त अव्यक्तज्ञ विवेकपरक तत्त्वज्ञान के महत्व को स्वीकार कर वेदोक्त यज्ञादि कर्म की अज्ञानता का निर्देश है। तीसरी कारिका मे व्यक्ताव्यक्तज्ञ नाम त्रिविध साख्यीय तत्त्वो को अन्य प्रकार से चार कोटियो मूल प्रकृति (प्रकृति) प्रकृति–विकृति (सात = महत + अहकार + पचतन्मात्राए) केवल विकृति (सोलह तत्त्व = एकादशेद्रिया + पचमहाभूत) और न प्रकुति न विकृति रूप पुरुष का उल्लेख है। जबकि चौथी से छठी कारिका मे ज्ञानमीमासीय स्वरूप की विवेचना है जिसमे त्रिविध प्रमाणो को बताया गया है। सातवी कारिका मे उन आठ स्थितियो का वर्णन है जिनके कारण विद्यमान वस्तुओ का भी प्रत्यक्ष नही होता। लेकिन आठवी कारिका प्रकृति और पुरुष के सूक्ष्मता के कारण उनका प्रत्यक्ष नही अपितु सामान्यऽतोदृष्ट अनुमान से ज्ञान प्राप्त करते है। नवी कारिका से सत्कार्यवाद की प्रतिष्ठा की गई है तो दसवी और ग्यारहवी कारिका मे व्यक्त और अव्यक्त के भेद एव दोनो के परस्पर सादृश्य और पुरुष का उनसे वैषम्य दिखया गया है। बारहवी और तेरहवी कारिका मे गुणो का स्वरूप का वर्णन है तो चौहदवी कारिका मे अविवेकत्व विषयत्व आदि धर्मो के आश्रय के रूप मे अव्यक्त की सिद्धि के साथ पद्रहवी और सोलहवी कारिका अव्यक्त की सत्ता सिद्ध करने के साथ सृष्टि और प्रलय की व्याख्या करती है। सहत्रहवी से उन्नीसवी मे पुरुष की सत्ता अनेकत्व और स्वरूपत्व की विवेचना है। बीसवी कारिका अकर्ता को कर्ता समझने और इक्कीसवी कारिका प्रकृति–पुरुष के परस्पर सयोग होने का उल्लेख करता है। बाइसवी कारिका मे सृष्टि विकास

क्रम के तेइस तत्त्वो के और तेइसवी कारिका मे बुद्धि के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। चौबीसवी कारिका मे अहकार तत्त्व का उल्लेख है पचीसवी मे अहकार से उत्पन्न होने वाले एकादशेन्द्रियॉ और पचतन्मात्राओ को बताया गया है। २६वी कारिका मे दस इन्द्रियो की तथा २७वे मे मन की स्पष्ट विवेचना की गई है। अटठाइस से सैतीसवे कारिका मे पचज्ञानेन्द्रियो के व्यापार त्रिविध अन्त करण के लक्षण कर्मेन्द्रिय त्रयोदशकरण आदि और उनके विषयो आदि का विवेचन किया गया है। अडतीसवी कारिका मे तन्मात्रा का उल्लेख है तो ३६ से ४३वी कारिका मे सूक्ष्मशरीर (लिगशरीर) और स्थूलशरीर के स्वरूप को बताया गया है। चवालिस और पैतालिसवी कारिका मे धर्म–अधर्म की गति और ४६ से ५२वी कारिका मे बुद्धि के धर्मादि आठ भावो का विस्तृत वर्णन किया गया है। ५३वी कारिका मे तन्मात्रा सर्ग के वर्णन मे देव तीर्थक और मनुष्य सृष्टि के प्रकार का उल्लेख है ५४वी कारिका मे लोको को गुणो के आधार पर बाटा गया है। ५५वे कारिका द्वारा दु ख के मूल कारण को तथा ५६वे द्वारा सृष्टि के प्रयोजन को स्पष्ट किया गया है। इकसठ से छासठवी कारिकाओ मे प्रकृति कृत सृष्टि का पर्यवसान मोक्ष मे दिखाया गया है। ६७ से ६८वी कारिका के अनुसार शरीरपात होने पर भोग और अपवर्ग दोनो ही प्रयोजन तथा प्रकृति से निवृति द्वारा पुरुष की आत्यन्तिक मुक्ति का उल्लेख है। इस प्रकार साख्यकारिका मे एक से अडसठवी कारिका तक मे साख्य दर्शन के प्रतिपाद्य विषय अर्थात् सिद्धान्तो का वर्णन किया गया है। जबकि ६६वी के महर्षि कपिल को साख्यमत का मूल उपदेष्टा ७०वी मे गुरु–शिष्य परम्परा ७१वी मे कृतिकार ने साख्य परम्परा को ग्रहण कर प्रस्तुत करने की आत्म स्वीकृति है और ७२वी कारिका मे कृति के मूलस्रोत षष्टितत्र का उल्लेख किया गया है।

लेकिन साख्यकारिका की सम्यक विवेचना से स्पष्ट है कि इस कृति मे साख्य दर्शन के मूल स्वरूप मे असगति दिखाई देती है जो प्रकृति और पुरुष के स्वरूप और उनके सबधो के सदर्भ मे स्पष्ट होने के साथ पुरुष के स्वरूप और पुरुषबहुत्व सम्बधी धारणा के विवेचन मे परिलक्षित होती है।

२२– वनपर्व– २२१/२१

२३– वायुपुराण– ५/४५

२४– शाातिपर्व– ३४०/६६ ७० व ७२

२५– वनपर्व– १०७/२६

२६– शास्त्री प० उदयवीर साख्यदर्शन का इतिहास पृ०– १

२७– ऋषि प्रभूत कपिल यस्तमग्रे ज्ञानैर्विभार्तै जायमान च पश्येत ।।श्वेताश्वर उपनिषाद्–५/२।।

२८– ब्रह्मरात्र भाष्य– २/१/११

२६– आनन्दगिरि ब्रह्मसूत्र भाष्य पर टीकाकार

३०– शास्त्री प० उदयवीर साख्यदर्शन का इतिहास पृ०– १३

३१– श्वेताश्वर उपनिषद्– ५/२

३२– साख्याना कपिलो देवो रुद्राणायसि शकर इति परमार्षि प्रसिद्ध ।।५/२–श्वेताश्वर उप० भाष्य।।

३३– ब्रह्मसूत्र भाष्य– २/१/१

३४– साख्यतत्त्वकौमुदी– ६६वीं कारिका पर

३५– साख्यतत्त्वकौमुदी– ४३वीं कारिका पर

३६– योगसूत्र भाष्य– १/२५

३७– साख्यकारिका– ७०

३८– साख्यकारिका– ७१व ७२

३६– युक्तिदीपिका– ३व १४

४०– ब्रह्मसूत्र– २/१/१

४१– अहिर्बुध्न्यसहिता– १२१/ १६

४२– तर्करहस्यदीपिका

४३– अध्याय– १२

४४– अध्याय– ७२

४५– भामती– २/१/३ Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-I, pp-213-214

४६– साख्यकारिका– ७०

४७– साख्यकारिका– ६६

४८– Samkhya system, p-48

४९– साख्यतत्त्व कौमुदी भूमिका पृ०– १६

५०– साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– ८३

५१– बहुधा कृत तत्र षष्टितत्राख्य षष्टिखड कृतमिति। तत्रैव ही षष्टिरर्था व्याख्याता – जयमगला पृ० ५

५२– ते व्यक्त सूक्ष्मा गुणात्मान ।। ४/१३– योगसूत्र भाष्य।।

५३– ब्रह्मसूत्र भाष्य– २/१/३

५४– General of Oriental Rsearch, Pt-III, pp-107-112

५५– साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– ८७से९१

५६ - साख्यकारिका– ७१

५७– साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– १०४

५८– अतिकारुणिको महामुनिर्जगदुछिधीर्षु कपिलो मोक्षशास्त्रमारभमाण प्रथमसूत्र चकार – अनिरुद्धवृत्ति

५९– श्री कण्ठभाष्य ब्रह्मसूत्र– २/२/१ के सन्दर्भ मे साख्यसूत्र– १/७६ और ब्रह्मसूत्र– २/२/८ के सन्दर्भ मे साख्यसूत्र – १/१६ व १/७ प्रधानकारणवादे पक्षपाहेतु परिच्छिन्नत्वान्न सर्वोपादान इत्यादि कपिलसूत्रोक्त सूचयन पूर्वपक्षयति प्रधानेति ।

६०– साख्यसूत्र– १/६१

६१– साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– १८५

६२– सुश्रुतसहिता अध्याय– १ सत्त्वरजस्तमोलक्षणम् अव्यक्त नाम ।

६३– अहिर्बुध्न्यसहिता– ६/१७व१८

६४– साख्यसूत्र– ३/१४

६५– नैषधचरित– १११/५६११

६६– न्यायसूत्र भाष्य – १/१/४

६७– साख्यसूत्र– २/१६ व २६

६८– प्रायश्चित प्रकरण श्लोक– १०६

६९– साख्यसूत्र– ३ /१८ ३६ व ४०

७०— तत्त्वसमास— २ १६ १६ और २२

७१— साख्यसूत्र— ४/३

७२— साख्यसूत्र— २/३३

७३— साख्यसूत्र— १/१२४

७४— साख्यसूत्र— २/३१

७५— साख्यसूत्र— २/१८

७६— साख्यसूत्र— ५/३२ और ६/६८

७७— The six Systems of Indian Philosophy

७८— वृहदारण्यक उपनिषद्— १/४/१०

७६— मिश्र डा० आधा प्रसाद साख्य दर्शन की ऐतिहासिक परम्परा पृ०— १०२

८०— साख्यसूत्र

८१— साख्यसूत्र— १/१६

८२— साख्यसूत्र— १/५५

८३— साख्य दर्शन का इतिहास पृ०— २४० और २४२ से २४६

८४— साख्यसूत्र— १/५२

८५— साख्यसूत्र— १/५४

८६— साख्यसूत्र— १/५३

८७— साख्यसूत्र— १/१५

८८— मिश्र डा० ए० पी० साख्य दर्शन की ऐतिहासिक परम्परा पृ०— १०४

८६— न पाचभौतिक शरीर बहूनामुपादानायोगात्

६०— साख्यसूत्र— ५/१११ और ५/११२

६१— भोक्तुरधिष्ठानाद् भोगायतननिर्माणमन्यथा पूतिभावप्रसगात भृत्यद्वारा स्वाम्धिष्ठितिर्नैकान्तात्

६२— साख्यसूत्र— १/१२४

६३— हेतुमदनित्यमव्यापि सक्रियमनेकमाश्रित लिगम। सावयव परतत्र व्यक्त विपरीतमव्यक्तम्।।१०।।

६४— साख्यसूत्र— २/१८

६५– साख्यकारिका– २५

६६– एकादश पचतन्मात्र तत्कार्यम्– २/१७ कार्यम् नपुसकलिग है और तत पर से पूर्वसूत्र मे स्थित अहकार का परामर्श होता है।

६७– अभिमानोऽहकारस्तास्माद् द्विविध प्रवर्तते सर्ग । एकादशकश्च गणस्तन्मात्र पचकश्चैव ।२४।। यहॉ गण शब्द पुलिग है।

६८– साख्यसूत्र– २/३१

६६– साख्यसूत्र– २६

१००– ब्रह्मचारी विष्णु कृत हिन्दी अनुवाद वेदान्त केसरी

१०१– ब्रह्मसूत्र भाष्य पृ०– ५७७ अन्य समस्त प्रामाणिक सस्करणो मे भी सामान्याकरण वृत्ति इत्यादि ही पाठ है। अत यही प्राचीन मौलिक पाठ होगा। ५वॉ सस्करण वाणी विलास सस्करण, भामती तरू परियल सहित मुम्बई सस्करण चौखम्भा सस्करण सि० वाराणसी सस्करण आदि मे यही पाठ मिलता है ।

१०२– साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– ४८ से ५२

१०३– साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– २०४ से २०६

१०४– साख्यसूत्र– १/१६

१०५– प्राचीन और मौलिक साख्य की कृति History of Indian Philosophy, Pt-I, pp-213 & fn-224 & 216 to 218

१०६– पाण्डेय राम सुमेर महाभारत और पुराणो मे साख्य दर्शन पृ०– ७७ से ७६

१०७– साख्यसूत्र साख्यकारिका– ३

१०८– A History of Samsknt Literature, P- 488 to 489, SamkhyaDie system, p-112 & 109

१०६– Die Samkhya Philosophy, pp-68 to 70

११० - The six Systems of Indian Philosophy, pp-318ff

१११– Outline of Indian Philosophy, pp-269

११२– Radhakrishnan , Indian Philosophy, Pt-II, pp-254

११३– Origin & development of Samkhya system of thought, pp-116 & 118

११४– साख्य के प्राचीन ग्रथ सूत्र के ऊपर विवेचन

११५– गार्बे एच० बी० पी की आवृत्ति पृ०– ११

११६– साख्यसूत्र– ४/३

११७– साख्यसूत्र– ५/४६

११८– सर्वदर्शनसग्रह

११९– तर्करहस्यदीपिका

१२०– Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-II, pp-255-256, fn-4

१२१– MaxMullar, The six Systems of Indian Philosophy, pp-242, साख्य की प्राचीनतम कृति है।

१२२– Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-II, pp-254

१२३– शर्मा सी०डी भारतीय दर्शन अलोचन और अनुशीलन, पृ०– १३७ से १३८

१२४– योगसूत्र भाष्य– १/२५

१२५– साख्यकारिका– ७०

१२६– आसुरे प्रथम शिष्य २१८/१०, आसुरिर्मण्डले तस्मिन् २१८/१४, तस्य पचशिख शिष्यो २१८/१५

१२७– भागवद् पुराण– १/३/१०

१२८– Samkhya system, p-47 to 49

१२९– तत्त्ववैशारदी (योगभाष्य पर टीका)

१३०– आसुरि सगोत्र ब्राह्मण विशेष वर्षसहस्रया जिनमधि कारिणमवगत्य माठरवृत्ति पृ०– २

१३१– आसुरि सगोत्र ब्राह्मण विशेष वर्षसहस्त्रया जिन भाग त्योवाच जयमगला

१३२– मुनिर्भगवान् कपिल आसुरिसगोत्राय ब्राह्मणाय वर्ष सहस्राजिनेऽधि कारितामवगम्य प्रददौ –अनिरुद्धवृत्ति।

१३३– Samkhya and Yoga, pp-2to3

१३४– युक्तिदीपिका, पृ०– १४८

१३५– सर्वप्रत्युपभोग यस्मात् पुरुषस्य साधयति बुद्धि। सैव च विशिनष्टि पुन प्रधानपुरुषान्तर सूक्ष्मम्।।३७।।

१३६– बुद्धिहि पुरुष सान्निधानात् सा पुरुषमुपभोजयति तत्त्वकौमुदी पृ०– १६६

१३७– कुसुमवच्च मणि– २/३५

१३८– ऋग्वेद– १०/१२६

१३६– अव्यक्त प्रकृतिमाया प्रधान ब्रह्मकारणम्। अव्याकृत तम पुष्प क्षेत्रक्षरनामकम।।

१४०– योगभाष्य– १/२५

१४१– साख्यकारिका– ७०

१४२– साख्यकारिका– ६६

१४३– बहुधा कृत तत्र षष्टितत्राख्यम षष्टिखण्ड कृतिमिति तत्रैव हि षष्टिरर्था व्याख्याता बहुभ्यो जनकवाशिष्यादिभ्य समाख्यात् ।

१४४– Webei, History of Indian Letrature, pp-235

१४५– वृहदारण्यक उपनिषाद्– ४/४/१३

१४६– शातिपर्व– ३२६/२४

१४७– शातिपर्व –२१८/१० से १२ और १५ से १७

१४८– श्लोक सख्या– १० से १२ की व्याख्या

१४९– इसकी तुलना महत परमव्यक्तमव्यक्तात पुरुष पर इस कठोपनिषद् मे आए अव्यक्त शब्द की शकरचार्य कृत व्याख्या करने पर नीलकठ महोदय की वेदान्तीय दृष्टि स्पष्ट होती है।

१५०– योगभाष्य– २/६

१५१– अहिसासत्यास्तेयब्रह्मचार्याऽपरिग्रहा यमा ।।योगसूत्र–१२/३०।।

१५२– साख्यसूत्र– ६/६८

१५३– साख्यसूत्र– २/२३

१५४– योगसूत्र– २/२३

१५५– न नित्यशुद्धबुद्धमुक्त स्वभावस्य तद्योगस्तद्योगाहते – १/१६ तद्योगोऽप्यविवेकान्न समानत्वम्'– १/५५ ।।साख्यसूत्र।।

१५६– साख्यसूत्र– ६/६८

१५७– His doctrin of the reason of the eternal by the eternal body or sycic ppperchos, Samkhya system,

१५८– साख्यसूत्र– ५/३२

१५९– साख्यसूत्र– ५/५६ ६० ७६ ६६ ११६ १२२ १२६

१६०— साख्यसूत्र— ५/२६

१६१— साख्यसूत्र— ५/३० न तत्वान्तर वस्तुकल्पनाप्रसक्ते

१६२— साख्य प्रवचन भाष्य पृ०— २१६

१६३— साख्यसूत्र— ५/३१

१६४— अनिरुद्धवृत्ति पृ०— १६४

१६५— साख्यप्रवचन भाष्य पृ०— १६४

१६६— वृत्तिरार पृ०—१६४

१६७— साख्यसूत्र वृत्ति— अग्रेजी अनुवाद वाला भाग पृ०— १६५ और ४१५ पाद टिप्पणी— २

१६८— साख्यसूत्र— ५/३२

१६९— तत्त्वयाथार्थ्य दीपक भूमिका श्लोक— ३

१७०— Samkhya system, pp-336& 483

१७१— तत्त्याथार्थ्य दीपन पृ०— ६१ पुरुष इस तृतीय सूत्र की व्याख्या मे प्रस्तुत श्लोक उद्धृत है।

१७२— तत्त्वयाथार्थ्य दीपन पृ०—७२ यह श्लोक अध्यात्मम् अधिभूतम् तथा अधिदेवम (७—६) इन तीन सूत्रो की सम्मिलित व्याख्यान् मे उद्धृत है।

१७३— तत्त्वयायार्थ्य दीपन पृ०— ८२ यह श्लोक त्रिविधोबन्ध' इस २१वे सूत्र की व्याख्या मे उद्धृत है।

१७४— तत्त्वयाथार्थ्य दीपन पृ०— ८२ यह श्लोक २२वे त्रिविधो मोक्ष के व्याख्यान् मे उद्धृत है। योगसूत्र— २/१८ के योगवार्तिक मे आचार्य भिक्षु ने भी इसे आचार्य पचशिख का माना है।

१७५— शाति पर्व— २१६/६

१७६— शाति पर्व— २१६/८

१७७— शाति पर्व— २१६/१०

१७८— शाति पर्व— २१६/१२

१७९— शाति पर्व— २१६/१४

१८०— शाति पर्व— २१६/१५ से १६

१८१— शाति पर्व— २१६/२०से २३

१८२— शाति पर्व— २१६/२६ से ३१

१८३— योगभाष्य और तत्त्ववैशारदी— १/३६ योगसूत्र

१८४— साख्य प्रवचन भाष्य— ६/६८

१८५— योगभाष्य— २/३०

१८६— योगभाष्य— २/५२

१८७— योगभाष्य— २/५२

१८८— योगभाष्य— ३/१४

१८९ योगभाष्य ३/४४

१९०— योगभाष्य— ४/१०

१९१— योगभाष्य— ४/२५

१९२— महाभारत— १२/३१८/७३

१९३— मत्स्यपुराण— ४/२८

१९४— History of Indian Philosophy, Pt-II, pp-218 & Pt-III, pp- 479 to 480

१९५— Radhakrishnan, Indian Philosophy, Pt-I, pp-504 & Pt-II, pp-253

१९६— Origin & development of Samkhya system of thought, pp- 39ff & 55ff, Samkhya system, pp- 50 to 55

१९७— महाभारत— १२/२१८/२२ और नारदपुराण— ४४ और ४५

१९८— यूई वैशेषिक फिलासफी पृ०— ७८

१९९— शातिपर्व— ३१८/५९

२००— साख्यकारिका— ७१ पर टीका

२०१— शास्त्री साख्यदर्शन का इतिहास पृ०— ५०७

२०२— गर्गादिभ्यो यत्र गोत्र इत्येव— ४/१/१०५ ।।अष्टाध्यायी।।

२०३— शास्त्री साख्य दर्शन का इतिहास पृ०— ५०७

२०४— करण एकादशमिति वार्षगणा मुक्तिदीपिका पृ०— १३२

२०५— करण त्रयोदशविधमवान्तरभेदात् ।।साख्य सूत्र—२/३८।। और साख्यकारिका— ३२

२०६— युक्तिदीपिका पृ०— ३६

२०७– न्यायवार्तिका– १/१/४

२०८– शास्त्री साख्य दर्शन का इतिहारा पृ०– ८७ से ८८

२०९– Huiyanna, General of Oriental Rseaich, Pt-III, pp-107-112

२१०– गायेव तु न गाया रातुच्छक विनाशि यथाहि मायाहनाभेवान्यया भवति एव विकारा अप्याविर्भावति रोभावधर्माण प्रतिक्षणमन्यथा प्रकृतिर्नित्यतया मायाविधर्मेण परमार्थेति– तत्त्ववैशारदी

२११– शास्त्री साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– ८७ से ८८

२१२– ब्रहारात्र– २/१/३ पर भागती।

२१३– तथा च वार्षगणा पठन्ति प्रधान प्रवृति स्प्रत्यया पुरुषेणा परिगृह्यमणादिसर्गे वर्तते इति पृ०– १०२, करणाना गहती स्वभावाति प्रधानात् स्वलपा च स्वत इति वार्षगण्य पृ०–१०८, साधारणो नहै महान् प्रकृत्वादिति वार्षगणान पक्ष पृ०–१४५ ।।युक्तिदीपिका।।

२१४– योगरात्र गाष्य– ३/५३

२१५– तदाह गूर्ति व्यवधि इति। उक्तभेदहेतूपलक्षणमेतद् जगन्मूलस्य प्रधानस्य पृथकत्व भेदो नास्तीत्यर्थ– योगरात्र ३/५३ पर टीका तत्त्ववैशारदी पृ०– २८७

२१६– गिश्र, डा० आद्या प्रराद राख्य दर्शन की ऐतिहासिक परम्परा, पृ०– ८४

२१७– युक्तिदीपिका पृ०–६७

२१८– युक्तिदीपिका पृ०–७२

२१९– युक्तिदीपिका पृ०–६५

२२०– युक्तिदीपिका, पृ०– १०८

२२१– युक्तिदीपिका पृ०–१०८

२२२– युक्तिदीपिका पृ०–१३२

२२३– युक्तिदीपिका पृ०–१३३

२२४– युक्तिदीपिका पृ०–१७०

२२५– युक्तिदीपिका राख्या– ६, पृ० १०२

२२६– साख्यतत्त्व कौमुदी, आर्या– ४७

२२७– न्यायवार्तिका– १/१/५

२२८— अनुयोगद्वार सूत्र— ४१

२२६— भण्डारकर स्मारक ग्रथ पृ०— १७६ से १७७

२३०— आधुनिक योरोपीय और अनेक भरतीय विद्वानो का मत है कि उपलभ्यमान साख्य ग्रथो मे सबसे प्राचीन ग्रथ आचार्य ईश्वरकृष्ण रचित कारिका है— कीथ ए० बी द सस्कृत आफ सस्कृत लिटरेचर पृ० — ४८८

२३१— कपिलदासुरिणा प्राप्तमिद ज्ञानमत पचशिखेन तस्माद् भार्गवोलूक वाल्मीकि हारीत देवल प्रभृती नागतम्। ततस्तेभ्य ईश्वरकृष्णेन प्रापतम्। तदेव षष्टितत्रमार्याभि सक्षिप्तम् माठर वृत्ति।

२३२— साख्यकारिका— ७२

२३३— Sowani, B B A Critical study of Samkhya system, pp-8, line-15 Sowani, B B

२३४— गौडपादभाष्य मे उनहत्तरवीं कारिका की व्याख्या की गई है। अत विल्सन का मत है कि ७० ७१ और ७२ कारिकाए प्रक्षिप्त है तथा इकसठवी कारिका के बाद एक कारिका लुप्त है परन्तु लोकमान्य तिलक बहत्तरवी कारिका को प्रक्षिप्त नहीं मनते है।

२३५— साख्य कपिल मुनिना प्रोक्त ससार विमुक्ति कारण हि। यत्रैता सप्ततिरियो भाष्य चात्र गौडपाद कृत।

२३६— प्रकते सुकुमारतर न किचिदस्तीति मे मतिर्भवति। या दृष्टाऽस्मीति पुर्नदर्शनमुपैति पुरुषस्य— साख्यकारिका।

२३७— तस्मात् प्रकृतिरेव कारण न प्रकृते कारणन्तमस्तीति न पुर्नदर्शनमुपयाति पुरुषस्य अत प्रकृते सुकुमारतर सुभोग्यतर न कि चिदीश्वरादिकारणम् स्तीति मे मतिर्भवति।

२३८— एवमीश्वरादीनि अकारणानि सुकुमारतरमित्येतद्वाक्यशेष कृत। यस्मात् सुकुमारतर प्रधान तस्मादुच्यते प्रकृते सुकुमारतर न किचिदस्तीति मतिर्भवति इति मे पुरुषस्य।

२३६— डॉ० गगानाथ झा कृत अग्रेजी अनुवाद सहित साख्यतत्त्वकौमुदी सस्कृत अश पृ०— ७३ व ७४

२४०— परमार्थ कृत चीनी अनुवाद का सस्कृत अनुधाद भूमिका पृ०— ४३

२४१— शास्त्री प० उदयवीर साख्यदर्शन का इतिहास पृ०— ४६६ से ७१

२४२— तत सूक्ष्मशरीरमेकादशेन्द्रिय सयुक्त सुवर्णसप्ततिशास्त्र पृ०— ५८

२४३— शास्त्री, अय्यास्वामी सरुवर्णसप्ततिशास्त्र सस्कृत भाग पृ०— ६१

२४४— A Critical study of Samkhya system, pp 53, बहत्तरवी कारिका पर पाद टिप्पणी

२४५– शास्त्री प० उदयवीर साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– १३१

२४६– सप्तमाख्य प्रकरण सकल शास्त्रयेव वा श्लोक– ६

२४७– साख्यसूत्र– ३/१७ साख्यकारिका– ३८ व ३६

२४८– न भूतप्रकृतित्वमिन्द्रियाणामाहकारिकत्वश्रुते – ५/८४

२४६– शास्त्री साख्य दर्शन का इतिहास पृ०– १६२ १६३ व१२६

२५०– साख्यकारिका– ६१

२५१– गौडपादभाष्य ६१वीं कारिका पर

२५२– साख्य दर्शन की ऐतिहासिक परम्परा पृ०– १६४ व १६७

तृतीय अध्याय

सांख्य दर्शन - एक परिचय

भारतीय विद्वानो के लिए मुख्यत चार प्रश्न ही विचारणीय रहे है – (I) मानव का वास्तविक स्वरूप (II) मानव के वास्तविक स्वरूप का मूलस्रोत (III) जीवन के गहनीय उद्देश्य (IV) जीवन के इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपेक्षित साधन। जीवन के क्रियाकलापो से उसके नए आचार से जो नए अनुभव होते थे–क्रमश उससे हमारे विचारो मे परिवर्तन होते रहे है। इस प्रकार आचार से विचार और विचार से आचार प्रेरित होते रहते है। आचार और विचार की एकरूपता के लिए किये जाने वाला निरन्तर प्रयास जीवन के प्रति भारतीय विद्वानो की तात्विक दृष्टि की ओर संकेत करता है। अर्थात भारतीय सास्कृतिक परम्परा मे जो दर्शन कहलाता है जीवन की प्रयोगशाला मे अनुभव किया गया सत्य ही है। यही कारण है कि उनके द्रष्टाओ को ऋषि अथवा साक्षात्कृतधर्मा मनीषी[1] कहते है। उदाहरणार्थ दृश्यतेऽनेनेति दर्शन (दृश धातु ल्युट प्रत्यय करणे) अर्थात जिनके स्वाध्याय तथा तदनुसार अभ्यास या आचरण से तत्त्व का दर्शन हो वे ही दर्शन है। कालान्तर मे रुचि शक्ति अभ्यास आादि कि भेद के तत्त्व के सम्बन्ध मे जैसे–जैसे विचार वैषम्य होते गए वैसे–वैसे विभिन्न प्रकार के दर्शन सम्प्रदायो का विकास हुआ ऐसे ही एक प्रमुख दर्शन साख्यमत का प्रारम्भ हुआ। साख्यदर्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डा० वासुदेव शरण अग्रवाल[2] कहते है भारतीय सस्कृति मे किसी समय साख्य दर्शन का अत्यन्त ऊँचा स्थान था। देश के उदात्त मस्तिष्क साख्य की विचार पद्धति से सोचते थे। वस्तुत महाभारत[3] मे भी इस दर्शन का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसके शातिपर्व मे पचशिख धर्मध्वज याज्ञवल्क्य आदि साख्याचार्यों के विचारो का उल्लेख किया गया है। साख्य दर्शन का प्रभाव गीता मे प्रतिपादित दार्शनिक पृष्ठभूमि पर पर्याप्त रूप से विद्यमान है।

साख्य शब्द की निष्पत्ति सख्या शब्द में अण् प्रत्यय जोडने से और सख्या शब्द की व्युत्पत्ति सम् उपसर्ग+चक्षिङ् धातु → ख्यात्र दर्शन + अड प्रत्यय + टाप् से हुई है जिसका तात्पर्य है सम्यक् ख्याति अर्थात सत्य (विवेक) ज्ञान है। यहॉ सख्या सम्यक् विचारण और क्रमपूर्वक तत्त्ववचन को स्पष्ट करती है इन दोनो अर्थों को इसमे व्यक्त करने के लिए आचार्य विज्ञानभिक्षु महाभारत[4] के निम्न श्लोक को प्रस्तुत करते है –

सख्या प्रकूर्वते चेव प्रकृति च प्रचक्षते।

तत्वानि च चतुर्विंशत् तेन साख्य प्रकीर्तितम्।।

यहाँ गणनार्थक सख्या शब्द से साख्य की निष्पत्ति मानकर उल्लिखित है कि जो सख्या प्रकृति और पुरुष के विवेकज्ञान का उपदेश करते है। जो प्रकृति का प्रतिपादन करते है तथा जो तत्त्वों की सख्या चौबीस मानते है व साख्य दर्शन कहलाते है। विवेकज्ञान[५] से परमपुरुषार्थ कैवल्य की प्राप्ति होती है इस प्रकार सख्या शब्द साख्यदर्शन की अतिमहत्त्वपूर्ण दार्शनिक खोज को व्यक्त करने वाला सक्षिप्त नाम है। जिसके प्रथम व्याख्याता होने के कारण प्राचीन काल से ही साख्य नाम से अभिहित हुए। वर्तमान समय मे साख्यकारिका और साख्यप्रवचनसूत्र दोनों ही ग्रन्थो मे प्रकृति और पुरुष की सत्ता तथा सत्कार्यवाद की स्थापना हेतुओ के आधार के रूप मे की गई है। इस प्रकार शास्त्र का श्रवण भी जो विवेकज्ञान का मूलाधार है प्रायेण तर्कप्रधान है। मनन में तो अनुकूल तर्कों द्वारा शस्त्रोक्त तथ्यों तथा सिद्धातो का चिन्तन निहित है। अत विवेकज्ञान के कारण साख्यदर्शन का विशेष सम्बन्ध तर्क और बुद्धिवादिता से है। प्रसिद्ध भाष्यकार आचार्य विज्ञानभिक्षु ने भी साख्य मत को श्रुति का सत् तर्कों द्वारा ही किए जाने वाला मनन मानते हुए कहते है जो एकाऽडद्वितीय इत्यादि पुरुष विषयक वेद वचन जीव का सारा अभिमान दूर करके उसे मुक्त कराने के लिए उस पुरुष को सर्वप्रकार के वैधर्म्य रूप भेद से रहित बताते है न कि उसकी अखण्डता का प्रतिपादन करते है। उन्ही वेदवचनो के अर्थ के मनन के लिए अपेक्षित सद् युक्तियो का उपदेश करने के लिए साख्य कर्ता नारायणावतार भगवान् कपिल आविर्भूत हुए थे[६] और अचाक्षुषणामनुमानेन बोधो धूमादिभिरिव वहने के भाष्य[७] मे भी इसी बात का समर्थन किया गया है।

'गणक शब्द पर शास्त्री जी फुटनोट मे लिखते है[८] कि वस्तुत इसका अर्थ तत्त्वज्ञान है। लेकिन सख्या इतना गौण अर्थ नही रखता ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत प्राचीन काल मे दार्शनिक विकास की प्रारम्भिक अवस्था में जब तत्त्वो की सख्या निश्चित नही थी तब साख्य ने जगत की सूक्ष्म मीमासा का प्रयास किया था जिसके फलरवरूप चौबीस तत्त्वो को माना गया। जिसमे प्रथम तत्त्व प्रकृति अर्थात प्रधान को शेष तेइस का मूल सिद्ध किया गया। चित्त पुरुष के सानिध्य से इसी एक तत्त्व प्रकृति को क्रमश तेइस अवान्तर तत्त्वों मे परिणत होकर समस्त जड जगत का विकास माना गया। साख्य दर्शन का सक्षिप्त समग्र अध्ययन करने की दृष्टि से निम्नवत् विषयों का उल्लेख आवश्यक है।

(I) तत्त्वमीमांसा

तत्त्वमीमासा का मुख्य विषय है वह कौन–सा आधारभूत तत्व है? जिससे समस्त ससार की उत्पत्ति होती है और उसका रवरूप क्या है? विश्व का मूलभूत स्वरूप क्या है? साख्य दर्शन दो निरपेक्ष तत्वो प्रकृति और पुरुष को मानता है। अत वह द्वैतवादी है। विश्व की उत्पत्ति के सम्बन्ध में वह विकासवादी है। जहाँ ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नही किया जाता। साख्य प्रकृति और पुरुष दोनो की सिद्धि अनुमान रो मानता है क्योकि मूलप्रकृति और पुरुष दोनो ही प्रत्यक्ष के विषय नही है।[९] साख्य दर्शन २५ तत्त्वो का ज्ञान देता है। जिसमे प्रकृति और उसके २३ विकारो तथा पुरुष का रागावेश है।

(1) प्रकृति

साख्य की प्रकृति प्रत्यक्षगम्य नही है उसकी उपलब्धि इसलिए नही होती कि वह नितान्त सूक्ष्म है। उसका ज्ञान उसके कार्यों से होता है जो प्रकृति के लिग और अनुमापक है। साख्यकारिका प्रकृति के सम्बन्ध मे युक्ति देती है। प्रकृति के रवरूप सम्बन्धी तर्क –

भेदानापरिमाणात समन्वायत् शक्तित प्रकृतेश्च।
कारणकार्यविभागादविभागाद् वैश्वरवरूपश्च ।।[१०]

१ भेदाना परिमाणात् - इस जगत के सारे पदार्थ अर्थात् बुद्धि से लेकर महाभूत पर्यन्त परिमित परिणाम वाले है। आ० वाचरपति मिश्र के शब्दों में वे अव्यापी है। प्रत्येक कार्य अपने कारण की तुलना मे परिमित अर्थात् सीमित है। अत जगत के सब पदार्थों का मूलकारण अवश्य ही असीमित और अपरिमित होना चाहिए और यह कारण प्रकृति है।[११]

२ समन्वयात् - इस जगत के सब पदार्थ सुखदु खमोहात्मक है अर्थात एक ही पदार्थ भिन्न–भिन्न लोगो मे भिन्न–भिन्न प्रभाव पैदा करता है जैसे बसन्त मे कोयल की कूक प्रिया सयुक्त पुरुष गे सुख ओर विरही में दु ख ओर माली मे मोह (अज्ञान) उत्पन्न करती है। इस प्रकार ससार के सब पदार्थ त्रिगुणमय है। उनमें एकता व समानता सर्वत्र पायी जाती है। सत्व गुण से

सुख रजोगुण से दु ख और तमोगुण से मोह उत्पन्न होता है। अत सिद्ध है कि त्रिगुणत्मिका प्रकृति जो तीनो गुणो से समन्वित है ही समरत पदार्थो का मूल कारण है।

३ **शक्तित प्रकृतेश्च** - प्रत्येक कार्य का उद्‌गम एक कारण से होता है जिसमे उसे उत्पन्न करने की शक्ति निहित होती है। यहॉ शक्ति का अर्थ वही है कि कार्य कारण मे अनभिव्यक्ति रूप ले वर्तमान रहता है। यह शक्तिमती मूलकारण प्रकृति है।

४ **कारणकार्यविभागाद्** - विधमान कार्य ही कारण रा आर्विभूत होकर विभक्त रूप मे (कारण से भिन्न रूप मे) प्रतीत होता है। आ० वाचरपति मिश्र यहॉ कछुए का उदाहरण देते है। जैसे कछुए मे पहले रो ही मोजूद अग बाद में अलग–अलग निकले हुए दिखाई देते है। यह विभाग ही सिद्ध करता हे कि अव्यक्त कारण से ही समस्त व्यक्त कार्य उत्पन्न होते है। यह अव्यक्त कारण प्रकृति है।[१२]

५ **अविभागाद् वैश्वस्वरूपस्य** – इस जगत के समरत पदार्थों की रवरूपगत एकता ही वैश्वरूप है रागजरय है। यह एकता गूलकारण प्रकृति से आती है। अत विश्व के समस्त पदार्थ प्रलय मे पुन लीन होकर कारण से अविभक्त बन जाते है। सिद्ध है कि अव्यक्त कारण ही प्रकृति है।

चोथी और पाचवी युक्तियो का आधार सत्कार्यवाद है। चौथी युक्ति के अनुसार उत्पत्ति के समय कार्य का कारण से अविर्भाव होता है और अपने विनाश के समय कार्य का कारण में तिरोभाव हो जाता हे। इस प्रकार उक्त दोनो युक्तियॉ पहले से मौजूद कार्य के विभाग और अविभाग से अव्यक्त कारण की सत्ता सिद्ध होती है। जबकि शेष तीन युक्तियॉ त्रिगुणात्मक विश्व के आधार पर अव्यक्त प्रकृति को सिद्ध करती है। साख्य का परिणामवाद आधुनिक विकासवाद से भिन्न है। आधुनिक विकासवाद नवीन की उत्पत्ति और कुछ हद तक प्रगति भी मानते है। साख्य उन्नति और अवनति सृष्टि ओर प्रलय दोनो का समर्थक है। जिस क्रम से प्रकृति सृष्टि करती है। उससे उलटे क्रम मे विश्व को अपने मे लय भी करती है। साख्य के विकास या परिणामवाद की एक विशेषता यह है कि यह विकास निरुद्‌देश्य नही होता है। बल्कि पुरुष मे मोक्ष माध्यम के लिए होता है।[१३] साख्य के मूलतत्त्व यानी प्रकृति का अनुमान

सत्कार्यवाद पर निर्भर है इस सम्बन्ध मे कारिका कहती है –

असद्कारणादुपादानग्रहणात्सर्व सभवाभावात ।

शक्तस्य शक्यकारणात कारणभावाच्च सत्कार्यम ।।[१४]

१ **असदकारणात्** - यदि कार्य उत्पत्ति के पूर्व कारण में विद्यमान नही तो वह असद् होगा असद् होने से वह शशश्रृग के समान होगा। धर्मी के बिना धर्म नही रह सकता है। कर्म वाले फल को किसी न किसी रूप में मौजूद रहना चाहिए। जैसे कि असद् का कभी भाव नही होता है और असद् का कभी अभाव नही होता।[१५]

२ **उपादानग्रहणात्** - प्रत्येक कार्य अपने उपादान कारण या समवाय कारण से सम्बद्ध रहता है और इसीलिए उसमे उसकी उत्पत्ति होती है। कोई भी सम्बन्ध दो सद् पदार्थों मे रह सकता है। सत और असत् मे सम्बन्ध नही हो सकता है जैसे तिल के बिना तेल नही हो सकता है। इसमे कार्य के उपादान कारण मे विद्यमानता सिद्ध होती है। आ० वाचस्पति मिश्र ग्रहण का अर्थ सम्बन्ध मानते है।

३ **सर्वसम्भावनभावात्** - सब वस्तुओं मे दूसरी सब वस्तुओ की उत्पत्ति असमान होना यह सिद्ध करता है कि कार्य असत् नही होता कार्य की उत्पत्ति पूर्व भी उपादन करण मे विद्यमान मानना पडेगा। अन्यथा किसी भी कारण से किसी भी कार्य की उत्पत्ति माननी पडेगी और यह असभव है।

४ **शक्तस्य शक्यकारणात्** - यह तर्क पूर्व तर्क का पूरक है। शक्त कारण से है शक्य करण की उत्पत्ति सभव है। जिस करण मे जिस कार्य को उत्पन्न करने की शक्ति होती है। उस करण से वही कार्य उत्पन्न हो सकता है अन्यथा बैल से दूध भी दूहा जा सकेगा।

५ **कारणभावात्** - कारण और कार्य एक ही वस्तु के दो रूप है। अर्थात कार्य वास्तव में कारणात्मक होता है कारण से भिन्न नही। तात्त्विक रूप मे कार्यकरण अभिन्न है। दोनो में भेद अव्यवहारिक है। कारणकार्य की अव्यक्तावस्था है और कार्य कारण का व्यक्त रूप है।

साख्य के कार्यकारणवाद पर उसका प्रकृतिवाद निर्भर है। क्योकि प्रकृति की सिद्धि कारण के रूप मे उसके कार्यो द्वारा होती है। सत्कार्यवाद के सम्बन्ध मे साख्य प्रकृतिपरिणामवाद है। कार्य नई सृष्टि नही है वह कारण की कार्य रूप मे अभिव्यक्ति है।

प्रकृति स्वरूप सम्बन्धी तर्क – साख्य की प्रकृति एक निरपेक्ष तत्त्व है। प्रकृति समस्त जड जगत की जननी है वह स्वय अजन्मा है। सृष्टि का आदि कारण होने से इसे मूलप्रकृति कहा जाता है। अत इसे प्रधान भी कहा जाता है। इसमे समरत कार्य अव्यक्त रूप में से विद्यमान रहती है। अत यह अव्यक्त कहलाती है। यह जड ओर अचेतन होने से विवेकशून्य है। लेकिन एक रवतत्र और व्यापक होने के साथ सामान्य या अनेक पुरुष भोग्य है।[१६] वह त्रिगुणात्मक है।[१७] अर्थात प्रकृति सत्त्व रजस और तमस तीनों गुणो से बनी है। प्रकृति निरन्तर परिणाम सातिकी है। इसमे विरूप या सरूप परिणाम होता है। इस अर्थ मे भी वह प्रसवधर्मिर्णी है।[१८] प्रकृति के गुण सूक्ष्म और अतिन्द्रिय है इसीलिए प्रकृति के समान इनका भी प्रत्यक्ष नही होता है। इनके कार्यो से इनका अनुमान किया जाताहै।[१९] सत्व गुण का कार्य सुख है रजोगुण का कार्य दु ख है तमोगुण का कार्य मोह है ये प्रकृति के निर्माणक तत्त्व है।[२०] सत्त्व गुण शुद्धता या स्वच्छता का प्रतीक है। यह प्रकाश ओर लघु होने रो उर्ध्वगागी है। यह शुक्लवर्ण है इसमे सरलता प्रीति श्रद्धा सन्तोष विवेक दया आदि सुखद भाव आते है। रजोगुण अशुद्ध का प्रतीक है। यह सक्रिय अचल तथा उपरटम्भव है या सश्लेषजनक होता है इसी की क्रियाशीलता के कारण निरन्तर परिणाम होता है। यह रक्तवर्ण है उसमे मानमद द्वेष क्रोध अप्रीति मत्कर आदि दु खद भाव आते है। तमोगुण अन्धकार या अज्ञान का प्रतीक है। यह गुण अवच्छायक और अवरोधक होने से अधोगामी है। यह कृष्ण वर्ण है। इसमे प्रमाद आलरय निद्रा मूर्च्छा विशाद आदि आते है। ये तीनो गुण एक दूसरे से पृथक नही किये जा सकते है। ये सदा सयुक्त रहते है।[२१]

(II) पुरुष

साख्य दर्शन का दूसरा निरपेक्ष तत्त्व पुरुष है वह निष्क्रिय और अचेतन आत्मतत्त्व है।

वह विषयी ज्ञाता और अनुभविता है। वह शरीर इन्द्रियॉ बुद्धि अहकार और मन से विलक्षण या भिन्न है। पुरुष चैतन्य रवरूप है। वह परम विशुद्ध परातपर चैतन्य है। जो समस्त ज्ञान और अनुभव का अधिष्ठान है। वह साक्षी और कूटस्थ नित्य है। वह व्यापक और विभु है। वह कार्य–कारण भाव से परे निर्गुण है। वह दिक भावातीत है। किन्तु आनन्द रवरूप नही है। आनन्द और चैतन्य दो भिन्न–भिन्न वरतुए है। पुरुष केवल द्रष्टा है। वह अकर्ता है[२२] जब अज्ञान के कारण पुरुष रवय शरीर या बुद्धि या मन समझ बैठता है। तब उसे आभासित होता है कि वह कर्म या परिवर्तन के प्रवाह मे पडकर नाना प्रकार के दु खों क्लेषों के दलदल मे फस गया है। साख्य पुरुष की सत्ता सिद्ध करने के लिये निम्न तर्क देता है –

सघातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्ययादधिष्ठानात्।
पुरुषोस्ति भोक्तृभावात कैवल्यार्थप्रवृत्तेश्च्।।[२३]

१ **सघातपरार्थत्वात्** - प्रकृति ओर उसमे उत्पन्न सघात रूपी समरत व्यक्त कार्य समूह जड होने से अपने लिए नही है। प्रत्युत उसकी सत्ता किसी अन्य के लिए है। जो चेतन हो तथा जिराके प्रयोजन को जानने के लिए हो उसकी रात्ता हो। रचना रचयिता की ओर नहीं, बल्कि अपना उपयोग करने वाले की ओर इगित करती है। प्रकृति तीनो गुण बृद्धि अहकार मन इन्द्रिय शरीर आदि सब पुरुष के भोग्य ओर अपवर्ग रूपी प्रयोजन को सिद्ध करने के लिए प्रवृत्त होते है। यह प्रयोजनमूलक तर्क है।

२ **त्रिगुणादिविपर्ययाद्** - तीनो गुणो से भिन्न होने से प्रकृति तथा अव्यक्त कार्य समूह सत्व रजस और तमोगुण युक्त है। इस प्रकार ससारके पदार्थों का त्रिगुणमय होना गुणहीन पुरुष को सिद्ध करता है। क्योकि सगुण निर्गुण की ओर तथा त्रिगुण नि त्रिगुण की ओर चेतन अचेतन की ओर तथा परिणामी अपरिणामी की ओर अनिवार्यतया सकेत करता है। जिसमे पुरुष चेतन की सत्ता सिद्ध होती है। यह तर्कशास्त्रीय तर्क है।

३ **अधिष्ठनात्** - ज्ञान तथा रागरत अनुगान अधिष्ठान के रूप मे पुरुष की सत्ता सिद्ध है। हमारा लौकिक ज्ञान सुख और दु ख अनुभव बुद्धि का अहकार या गनोमूलक हमारी सारी चित्तवृत्तियॉ

ज्ञाता या अनुभविता की ओर सकेत करती है। यह ज्ञाता ही हमारे ज्ञान को सारी चित्तवृत्तियो को प्रकाशित करके एकता के सूत्र मे पिरोती है। यह प्रमाता और साक्ष्य चैतन्यरूप है। यह सत्तामूलक तर्क है।

४ **भोक्तृभावात्** - प्रकृति तथा उसके कार्यसमूह जड होने से भोग्य है। वे स्वय अपना उपभोग नही कर सकते है। सब पदार्थ सुख दु ख और मोह उत्पन्न करते है। अत जड भोग्य वस्तु के भोगार्थ चेतना भोक्ता की सत्ता अनिवार्य है। दृश्य से द्रष्टा का अनुमान किया जाता है। यहॉ भोक्ता होने का अर्थ द्रष्टा होना है। यह नीतिशास्त्रीय तर्क है।

५ **कैवल्यार्थम् प्रवृते** - ज्ञानी पुरुषों में कैवल्य के लिए प्रवृत्ति पायी जाती है। विविध दु खों की आत्यन्तिक निवृत्ति को ही कैवल्य कहा जाता है। बुद्धि मन आदि सुख–दु ख इत्यादि गुणों से युक्त है उनसे दु ख निवृत्ति या कैवल्य की इच्छा नही हो सकती। अत कैवल्य की इच्छा पुरुष की सत्ता सिद्ध करता है। कैवल्य प्रकृति पुरुष के विवेक ज्ञान से सम्भव है। यह आध्यात्मिक अर्थात रहरयवादी तर्क है।

साख्य दर्शन पुरुष की अनेकता मे विश्वास करता है। यह पुरुषो मे सख्यागत भेद और गुणगत अभेद मानता है। साख्य पुरुष की अनेकता स्वीकार कर उसके समर्थन मे निम्न तर्क देता है –

जननमरणकरणाना प्रतिनियमादयुगपद् प्रवृतेश्च।
पुरुषबहुत्व सिद्ध त्रैगुण्यविपर्यय याच्चैव।।[२४]

। **जननप्रतिनियमात्** - विभिन्न पुरुषो का जन्म अलग–अलग होता है अन्यथा एक पुरुष के जन्म होने सें सभी पुरुषो का जन्म हो जाता।

॥ **मरणप्रतिनियमात्** - भिन्न–भिन्न पुरुषो की मृत्यु भिन्न–भिन्न रामय पर होती है। अन्यथा एक पुरुष की मृत्यु होने मात्र से सभी पुरुषों की मृत्यु हो जाती।

III **करणानाप्रतिनियमात्** - प्रत्येक पुरुष की ज्ञानेन्द्रियॉ अलग–अलग होती है और उसी के

अनुरूप उनकी विषय ग्राह्यता भी इसलिए जब कोई पुरुष किसी रूप रस गन्ध शब्द स्पर्श का अनुभव करता है तो अन्य सभी पुरुषो को यही अनुभव एक साथ नही होता है। अत सिद्ध है कि पुरुष अनेक है।

ıv **अयुगपतप्रवृते** - सभी पुरुषो की प्रवृत्तियॉ भिन्न–भिन्न होती है यही कारण है कि किसी एक काम मे सब पुरुषों की प्रवृत्तियॉ एक साथ नही होती है। दोनो प्रवृत्तियॉ कर्मेन्द्रियों द्वारा कृत शारीरिक तथा वाचिक कर्म और अन्त करण द्वारा कृत मानस कर्म की प्रवृत्ति अलग–अलग पुरुषों मे अलग–अलग होती है जैसे सुख दु ख चलना खाना आदि ऐसा नही होता कि एक पुरुष के बन्धन अथवा मुक्ति से सबकी बन्धन अथवा मुक्ति हो जाय।

v **त्रैगुण्यविपर्ययात्** - पुरुषो मे सख्यागत तथा गुणगत दोनो प्रकार के भेद है क्योकि किसी पुरुष में सत्व गुण का प्रधान है किसी मे रजोगुण का और किसी मे तमोगुण का। अत तीनों गुणो के अनुपात मे न्यूनाधिक भेद के कारण प्रति शरीर मे अधिष्ठाता पुरुषो मे भेद सिद्ध होता है। अत पुरुषो की अनेकता सिद्ध है।

(ııı) प्रकृति-पुरुष सम्बन्ध

सृष्टि की उत्पत्ति प्रकृति और पुरुषों के सम्बन्ध के द्वारा सभव होती है। प्रकृति पुरुषार्थ सिद्धि के लिए होता है? और गुण वैषम्य उत्पन्न करने वाले विरूप परिणाम से होता है। ऐसा अकेले प्रकृति द्वारा सम्भव नही है। अत साख्य दर्शन इस प्रकृति के लिए पुरुष को भी सम्बद्ध किया है। इस प्रकार प्रकृति को पुरुष की अपेक्षा रहती है। वह स्वय पुरुष को देखना चाहती है। वह चाहती है कि पुरुष उसे देखे उसका भोग करे तथा उसके स्वरूप को जानकर मोक्ष प्राप्त कर सके। इसीलिए प्रकृति के भोग मे प्रयोजन को सिद्ध करने के लिए प्रकृति सृष्टि में प्रवृत्त होती है। प्रकृति अचेतन और अन्ध है किन्तु सक्रिय है। पुरुष चेतन और द्रष्टा है किन्तु पगु और निष्क्रिय है। जिस प्रकार कोई पगु व्यक्ति किसी अधे व्यक्ति के कन्धों पर बैठकर उसे मार्ग बताता रहे और अधा व्यक्ति चलता रहे तो वे दोनो इस परस्पर सयोग से अपने गन्तव्य स्थल पर पहुँच सकते है। जहॉ उनमें से कोई भी अकेला नही जा सकता था। इसी प्रकार पगु

अन्ध न्याय से पुरुष और प्रकृति पररपर सयुक्त होकर सृष्टि करते है।[२५] लेकिन साख्य प्रकृति और पुरुष को परस्पर विपरीत और स्वतत्र तत्त्व रवीकार करती है। उसका यह द्वैतवाद प्रकृति और पुरुष के सयोग मे बाधक है। फिर यहाँ पगु ओर अन्ध व्यक्ति मे चेतन प्राणी हैअत उदाहरण उपयुक्त नही है। लेकिन सृष्टि के क्रम के सम्बन्ध मे साख्यकारिका कुल २५ तत्वों का उल्लेखकरती है। इसमे प्रकृति प्रथम और पुरुष पच्चीसवॉ तत्त्व है। प्रकृति और पुरुष के सयोग मे सर्वप्रथम महत अर्थात बुद्धि पुन अहकार और अहकार में सात्विक अहकार से एकादश इन्द्रियॉ इरागे अन्त करण गन पच ज्ञानेन्द्रियॉ–श्रवण त्वचा चक्षु जिह्वा घ्राण और पच कर्मेन्द्रियॉ–वाक पाणि पाद प्रजनन और विसर्जन का उद्भव होता है। तामस अहकार से पचतन्मात्राए रूप रस गन्ध रपर्श ओर शब्द उत्पन्न होते है। राजस अहकार अन्य दोनों अहकारो को क्रियाशीलता प्रदान करता है। तन्त्रमात्राओ से पचमहाभूत–आकाश अग्नि वायु जल और पृथ्वी उत्पन्न होते है। इस आ० वाचरपति मिश्र भी स्वीकार करते है।[२६]

सर्वप्रथम आर्विभूत तत्त्व महत् व्यष्टि मे बुद्धि कहलाता है। बुद्धि अचेतन और प्रकृति का सूक्ष्मतम तत्त्व है जो पुरुष के चैतन्य को स्वय मे दर्पण की भाति प्रतिबिम्बित करता है। इसमें अचेतन बुद्धि अचेतनवत श्रेष्ठ होती है। निर्गुण युग सीमित मानकर जीव के रूप मे प्रतीत होता है। रा।त्विक बुद्धि के कर्ग ज्ञान वैराग्य ओर ऐश्वर्य चार गुण है। क्योकि तामस बुद्धि इसमे विपरीतगुण वाली होती है। बुद्धि से अहकार की उत्पत्ति होती है यह व्यक्तित्व का तत्त्व है। अहकार के कारण ही मै व मेरा का भाव होता है। इसी से ज्ञातृत्व और भोक्तृत्व के साथ कर्तृत्व की भावना आती है। अहकार तीन प्रकार के होते है[२७] –

(अ) सात्विक अहकार - सत्त्व गुण प्रधान होता है जिससे समष्टि रूप से एकादशेन्द्रियॉ उद्भूत होती है और व्यष्टि रूप मे शुभ कार्य उत्पन्न होते है।

(व) तामस अहकार - तामरा अहकार तमोगुण प्रधान है। समष्टि रूप मे यह पचतमत्राओ को और व्यष्टि रूप मे प्रमाद आलश्य काम लोभ आदि को उत्पन्न करता है।

(स) राजस अहकार - रजो गुण प्राधान्य है, समष्टि रूप मे सात्विक और तामस अहकार को

शक्ति देता है। जबकि व्यष्टि रूप मे अशुभ कार्यों का जनक है । इस प्रकार बुद्धि अहकार और मन तीनो अन्त करण और पचज्ञानेन्द्रियॉ और पचकर्मेन्द्रियॉ तेरह करण है।[२८] आचार्य ईश्वर कृष्ण और वाचरपति मिश्र के मत के विपरीत आचार्य भिक्षु का मत है कि सात्विक अहकार से मात्र मन और राजस अहकार से दस इन्द्रियॉ उत्पन्न होती है।[२९] लेकिन यह मत पच्चीसवी कारिका के सात्विक एकादशक के साख्य सिन्द्धान्तीय और व्याकरणिक व्याख्या के अनुरूप नही है।[३०]

तामस अहकार से पचतमात्राए - नाम रूप रस गध र्स्पश और शब्द जिससे पच महाभूत पृथ्वी जल अग्नि वायु और आकाश की उत्पत्ति होती है । तन्मात्राओ और गुणो के नाम एक ही है। आकाश नामक महाभूत तथा उसका शब्द नामक गुण दोनो उत्पन्न होते है। शब्द तन्मात्र सहित रपर्श तन्मात्रा से वायु नामक महाभूत और उससे शब्द तथा रपर्श नामक गुण उत्पन्न होते है। शब्द रपर्श तन्मात्र सहित रूपतन्मात्रा से अग्नि या तेजस नामक गुण उत्पन्न होते है। शब्द रपर्श रूप तन्मात्रा सहित रस तन्मात्रा से जल नामक महाभूत और उसके शब्द रपर्श रूप रस नामक गुण उत्पन्न होते है। शब्द रपर्श रूप रस तन्मात्रा सहित गन्ध नामक गुण उत्पन्न होते है।[३१] प्रकृति का सारा सृष्टि व्यापार पुरुष के भोग ओर मोक्ष रूपी प्रयोजन की सिद्धि के लिए प्रवृत्त होता हे । प्रकृति से अधिक गुणवती ओर उपकारिणी अन्य कोई नही है।

(iv) बन्धन और मोक्ष

हमारा सासारिक जीवन सुख–दुख से भरा हुआ है। यदि किसी जीव के लिए दु ख क्लेशो से त्राण पाना सम्भव भी हो तो जरा और मृत्यु के चगुल से छुटकारा पाना उनके लिए असम्भव है । सासारिक जीवन आध्यात्मिक दु ख मे जीव की अपने शरीर या मन आदि से उत्पन्न होता है जैसें शारीरिक अथवा मानसिक व्याधियो रोग क्षुब्ध क्रोध आधिभौतिक दु ख जो बाह्य भोतिक पदार्थ के कारण उत्पन्न होता हे । जेसे काटे का गडना चाकू की चोट या लडने आदि और आधिदैविक दु ख बाह्य आलौकिक कारण रो उत्पन्न होता है जैसे भूत प्रेत बाढ आदि से भरा है।[३२]

पुरुष बुद्धि मे प्रकाशित अपने प्रतिबिम्ब के साथ तादात्म्य स्थापित कर लेने के कारण अन्त करणावच्छिन्न चैतन्य के रूप मे अर्थात् जीव के रूप मे प्रतीत होने लगता है। तब बुद्धि मे सुख–दु ख का अविर्भाव होने पर पुरुष को ऐसा भान होता है कि उसे ही सुख–दु ख हो रहा है जैसे अपने सेवक के अपमान मे स्वामी अपना अपमान समझता है। यही अविवेक सारे अनर्थो की जड है। इस प्रकार द्रष्टा रूप पुरुष अपने को दृश्य (प्रकति) समझ लेता है। बन्धन इसी चीज का नाम है शुद्ध पुरुष का नही। बचपन के कारण ही पुर्नजन्म का चक्र चलता है। साख्य मत मे यह नवीन कारण आयी कि एक स्थूल शरीर से दूसरे स्थूल शरीर मे जाने वाला आत्मा रूप पुरुष नही अपितु लिग शरीर है। जिस लिग शरीर मे तेरह कारण होते है।[३३] जब पुरुष को अपने शुद्ध स्वरूप का ज्ञान हो जाता है तब वह मुक्त हो जाता है।[३४] त्रिविध दु ख की आत्यान्तिक निवृत्ति को साख्य ने मोक्ष मुक्ति अपवर्ग कैवल्य की सज्ञा दी है। यही परम पुरुषार्थ है । मोक्ष मे पुरुष अपने नित्य शुद्ध चैतन्य रूप मे प्रकाशित होता है। लेकिन मोक्ष आनन्द रूप नही है। क्योकि एक तो सुख–दु ख सापेक्ष है और दूसरे सुख सत्व गुण का कार्य है तथा पुरुष स्वभावत त्रिगुणातीत है।

सभी दु ख क्लेशो से मुक्ति पाने का मार्ग है। विवेक ज्ञान अर्थात प्रकृति और पुरुष का भेद ज्ञान। कर्म गुणो से सम्भव है अत कर्म से मोक्ष नही मिल सकता। क्योंकि मोक्ष निस्त्रैगुण्य है। सुखी या दु खी होने वाला मन है आत्मा नही। इसी तरह पुण्य धर्म और अर्धम आदि अहकार के गुण है जो सभी कार्यो का प्रवर्तक या कर्त्ता है।[३५] परिवर्तनशील मनोविकार मन के ध - र्म है आत्मा के नही। आत्मा शारीरिक और मानसिक क्रियाओ का केवल साक्षी मात्र है। यह जो भ्रम है कि यह शरीर या मन ही मै हूँ इसे दूर करने के लिए सत्य का साक्षात् अनुभव जरूरी है। सम्यक ज्ञान होते ही पुरुष मुक्त हो जाता है, भले ही प्रारब्ध कर्मो के कारण वह सदेह बना रहे यह जीवन्मुक्ति की अवस्था है।[३६] मृत्यु के अनतर जब देह से भी मुक्ति होती है तो उसे विदेहमुक्ति कहते है । इस अवस्था मे स्थूल सूक्ष्म सभी प्रकार के शरीर से सम्बन्ध छूट जाता है और कैवल्य की प्राप्ति होती है। आ० विज्ञानभिक्षु विदेहमुक्ति को ही वास्तविक मानते है।[३७] अन्त करणावच्छिन्न जीव का लिग शरीर के रूप मे बन्धन होता है और उसी का मोक्ष होता है। इस प्रकार प्रकृति ही बधती है और प्रकृति ही मुक्त होती है। अत पुरुष का न तो बन्धन

होता है और न वह जन्म–मरण रूपी ससार चक्र मे फसता है और न वह मुक्त होता है। यह तो प्रकृति मे ही है जो लिग शरीर के रूप मे नाना पुरुषो के आश्रय से बधती है और ससरण करती है और मुक्त होती है।[३८] इस प्रकार साख्य दर्शन मे पुरुष बन्धन और मोक्ष से असपृक्त है।

(v) ईश्वर

मूल साख्य सेश्वर रहा होगा किन्तु शास्त्रीय आचार्य ईश्वर कृष्ण के समय मे निरीश्वरवादी हो गया। सम्भव है वह जैन और बोद्ध दर्शन के प्रभाव के कारण हुआ हो।[३९] यहाँ अत ईश्वर के अरितत्व के विरुद्ध निम्न युक्तियाँ[४०] दी जाती है –

1 ईश्वर को नित्य निर्विकार और परमतत्त्व माना जाता है किन्तु जो परिणामी नही हैं। वह किसी वस्तु का निमित्त कारण नही हो सकता ।

2 यदि ईश्वर प्रकृति का नियामक है तो ईश्वर प्रकृति के सचालन के द्वारा सृष्टि रचना मे क्यों प्रवृत होता है। क्योकि पूर्ण ईश्वर मे कोई अपूर्ण इच्छा नही है। दूसरे ससार इतने पापो और कष्टो रो भरा है कि यह कहना अरागत प्रतीत होता है कि ईश्वर जीवो के हित साधनार्थ सृष्टि करता है ।

3 यदि ईश्वर मे विश्वास किया जाय तो इससे जीवो का स्वातत्र्य और अमरत्व बाधित हो जाता है। क्योंकि यदि जीव ईश्वर के अग है तो वे ईश्वरीय शक्ति से युक्त नश्वर होने चाहिए। परन्तु ऐसा नही है।

लेकिन कुछ साख्य टीकाकार जैसे आचार्य विज्ञानभिक्षु[४१] और लोकमान्य तिलक[४२] साख्य को ईश्वरवादी मानते है। यहाँ ईश्वर को सृष्टि क्रिया के प्रवर्तक के रूप मे नही मानते अपितु इनका मानना है कि ईश्वर के रान्निकर्ष रो ही प्रकृति की क्रियाशक्ति प्रवर्तित हो जाती है। किन्तु यह ईश्वरवादी साख्य मत रवीकार्य नही है।[४३]

(II) ज्ञानमीमासा

दर्शन प्रमुख विषय है। समग्र विश्व का उसकी मौलिक वास्तविकता मे ज्ञान प्राप्त करना ज्ञानसम्बन्धी विवेचना मे निम्न प्रश्न उठते है– ज्ञान क्या है? ज्ञान के साधन के क्या है? ज्ञान मे ज्ञाता और ज्ञेय का सम्बन्ध क्या है? और ज्ञान की सत्यता–असत्यता कैसे निर्धारित की जाती है। साख्यकारिका मे प्रमाण का लक्षण नही दिया गया है। आ० वाचस्पति मिश्र के मत मे प्रमाण की व्युत्पत्ति से ही उसका लक्षण प्राप्त हो जाता है फिर भी प्रमाण की विवेचना की जाती है वह इस प्रकार है –

किसी विषय के यथार्थ निश्चित ज्ञान को प्रमा कहते है। जब चैतन्य पुरुष बुद्धि मे प्रतिबिम्बित होता है तब ज्ञान का उदय होता है । बुद्धि जड है और चैतन्य रूप होकर भी स्वत विषयो का साक्षात्कर नही कर सकती है। आत्मा को बुद्धि मन और इन्द्रियो के द्वारा विषयों का ज्ञान होता है। जब इन्द्रियो और मन के व्यापार मे विषयो का आकार बुद्धि पर अकित हो जाता है और बुद्धि पर आत्मा के चैतन्य का प्रकाश पडता है। तब उसे उन विषयो का ज्ञान होता है। प्रमा की उत्पत्ति तीन बातो पर निर्भर करती है–

1 **प्रमाता** - जानने वाला ।

2 **प्रमेय** - विषय जो जाना जाता है।

3 **प्रमाण** - साधन जिसके द्वारा ज्ञान की प्राप्ति होती है।

इस प्रकार बुद्धि की वृत्ति को जिसके द्वारा पुरुष को विषय का ज्ञान होता है प्रमाण कहते है।[४४]

साख्य मे यथार्थ ज्ञान और भ्रान्तिज्ञान आदि बुद्धि या चित्त की वृत्तिया है क्योकि पुरुष के निर्विकार और एकरस होने के कारण उसमे किसी प्रकार का विकार नही होता है। यहॉ चित्त वृत्ति को प्रमा कहा गया है। लेकिन चित्त या बुद्धि की वृत्ति जड है । उसे ज्ञान नही कह सकते दूसरी दृष्टि मे पुरुष का बोध ही प्रमा है। साख्यसूत्र[४५] मे इन दोनों प्रमा को स्वीकार किया गया है। आ० वाचस्पति मिश्र के मत मे मुख्य अर्थ मे बुद्धिवृत्ति प्रमा है और गौण अर्थ मे **पुरुष का**

बोध। यह मत साख्य के पुरुष अवधारणा के अनुरूप भी है। सुख–दु ख ज्ञानादि परिणाम बुद्धि मे होते है। अविवेक के कारण पुरुष उन्हे आत्मसात करता प्रतीत होता है। इस प्रतीति के कारण ही प्रमा या बोध पुरुष का कहा गया है । आचार्य विज्ञानभिक्षु[४६] यहाॅ प्रमा के सम्बन्ध मे कहते है कि यदि रूप फल को केवल पुरुषनिष्ठ माना जाय तो बुद्धि वृत्ति को प्रमाण कहा जायेगा तथा यदि प्रमा को केवल बुद्धिनिष्ठ माना जाय तब इन्द्रिय सन्निकर्ष को ही प्रमाण मानना होगा और इस स्थिति मे पुरुष प्रमा का साक्षी होगा प्रमाता नही। यदि पुरुष के बोध और बुद्धि वृत्ति दोनों को प्रमा कहा जाय तब प्रमा भेद से उक्त दोनों बुद्धिवृत्ति और इन्द्रिय सन्निकर्ष प्रमाण कहे जायेगे। आ० विज्ञान भिक्षु आगे कहते है कि योगभाष्य मे बोध पुरुष निष्ठ होता है। यही साख्य का भी मत है। इसी प्रकार कारिका की युक्तिदीपिका टीका[४७] के अनुसार बुद्धिवृत्ति ही प्रमाण है इसलिए साख्य को अध्यवसाय प्रमाणवादी कहा जाता है तभी प्रगाणफल प्रमा पुरुषनिष्ठ कहा जायेगा ।

विषय ज्ञान का रवरूप रपष्ट करते हुए साख्यकारिका[४८] कहती है कि पुरोदृश्यमान पदार्थ का ज्ञान होने मे चार कारणो (चक्षुराज) एक–एक ब्राह्य करण और तीन अन्त करण (मन अहकार बुद्धि) का व्यापार युगपद् अथवा क्रमश होती है। परोक्ष पदार्थों मे भी ब्राह्येन्द्रिय के तात्कालिक व्यापार को छोडकर लेकिन पूर्वकालिक ब्राह्येन्द्रियजन्य ज्ञानपूर्वक तीन अन्त कारण मन अहकार और बुद्धि की वृत्ति युगपद् अथवा क्रमश होती है। इस सम्बन्ध मे साख्यसूत्र[४९] मे भी दो मत युगपद् (अक्रमिक) ओर क्रमिक व्यापार को स्वीकार किया गया है। लेकिन दोनो के व्याख्याकारो मे कुछ मे केवल क्रमिक तथा कुछ ने क्रमिक और अक्रमिक दोनो को माना है। साख्यसूत्र की व्याख्या करते हुए विज्ञानभिक्षु कहते है कि यहाॅ केवल इन्द्रियो को ही वृत्तियो के क्रमिकत्व एव अक्रमिकत्व का कथन है। लेकिन अनिरुद्धवृत्ति[५०] मे बाह्येन्द्रिय मन अहकार और बुद्धि चारो के वृत्तियो के क्रमिकत्व और अक्रमिकत्व को स्वीकार करते है तो दूसरी ओर इन्द्रियो की वृत्तियो का अक्रमिकत्व (युगपद्) होना स्वीकार नही किया गया है। जबकि सूत्र मे इन्द्रियो की वृत्तियो के क्रमिकत्व के अतिरिक्त अक्रमिकत्व का कथन होने से मन के मध्यम परिणाम वाला होना का साख्यीय सिद्धात भी अर्थत सूचित हो जाता है। प्राय किसी प्रकार के भय अथवा व्याकुलता की अवस्था मे करण चतुष्टय की युगपद् वृत्ति हुआ करती है, जैसे घोर

अन्धकार मे सामने से आते चोर को देखते ही एकदम मन की सकल्पनात्मक अहकार की अभिमानात्मक तथा बुद्धि की अध्यवसायात्मक वृत्ति बनती है और वह तुरन्त वहाँ से भाग जाता है।[५१]

(1) प्रमाण

साख्य केवल तीन प्रमाण[५२] – प्रत्यक्ष अनुमान और शब्द को ही मानता है और जिसकी विवेचना इस प्रकार की जाती है –

१ प्रत्यक्ष - प्रतिविषयाध्योदृष्टम तत्त्वकौमुदी की व्याख्या के अनुसार जो विषय से सम्बन्धित होती है अर्थात इन्द्रिय उसके आश्रित होने वाले अध्यवसाय जो बुद्धि–व्यापार या बुद्धि–क्रिया या बुद्धिवृत्ति है को प्रत्यक्ष ज्ञान कहते है। जब कोई विषय जैसे वृक्षादि दृष्टि पथ मे आता है तब उस विषय का हमारे नेत्रेन्द्रिय के साथ सयोग होता है उस विषय के कारण हमारे नेत्रेन्द्रिय पर विशेष प्रकार का प्रभाव पडता है। जिसका विश्लेषण और सश्लेषण मन करता है । इन्द्रिय और मन के व्यापार से बुद्धि पर प्रभाव पडता है ओर वह विषय का आकार ग्रहण करती है। परन्तु उसमे सत्व गुण का आधिक्य रहता है। जिसके कारण वह दर्पण की तरह पुरुष चैतन्य को प्रतिबिम्बित करती है। पुरुष का चैतन्य उसमें प्रतिबिम्बित होने पर बुद्धि की अचेतन वृत्ति उद्भासित हो उठती है और वह प्रकाशित हो। प्रत्यक्ष ज्ञान के रूप मे परिणत हो जाती है।

प्रतिबिम्बवाद के सम्बन्ध मे उक्त व्याख्या आ० वाचरपति मिश्र की है। लेकिन आ० विज्ञानभिक्षु आगे का प्रतिबिम्ब होने के बाद विषयाकारक बुद्धि आत्मा मे प्रतिबिम्बित होती है। इस प्रकार आ० वाचरपति मिश्र आत्मा मे बुद्धि का प्रतिबिम्ब नही मानते पर आ० विज्ञानभिक्षु दोनों का प्रतिबिम्ब एक दूसरे मे मानते है।[५३] आ० विज्ञानभिक्षु आत्मा मे बुद्धि का प्रतिबिम्ब होना इसलिए गानते है कि इरारो आत्गा के राुखदु खादि अनुभव की व्याख्या की जा सके। अन्यथा शुद्ध चैतन्यरवरूप आत्मा को जो सभी विकारों से रहित है सुखदु ख का अनुभव नही हो सकता है। बुद्धि को ही ये अनुभव हो सकते है। लेकिन यह मत साख्य के साक्षी रूप आत्मा स्वरूप के अनुसार उचित नही लगता है।

प्रत्यक्ष दो प्रकार के माने गये है **निर्विकल्प प्रत्यक्ष**–जिस क्षण मे इन्द्रिय के साथ विषय का सयोग होता है। उस क्षण मे जो विषय का अवलोकन होता है। यह मानसिक विश्लेषण–सश्लेषण के पूर्व की अवस्था है। इसमे केवल विषय की प्रतीति होती है। विषय की प्रकारता का ज्ञान नही होता। जैसे शिशु या मूकव्यक्ति का अनुभव। **सविकल्प प्रत्यक्ष**–जिस प्रत्यक्ष मे विषय का मन के द्वारा विश्लेषण सश्लेषण और रूप निर्धारण होता है। जैसे यह गौ है अथवा फूल लाल है।[५४]

वृत्तिकार अनिरुद्ध निर्विकल्पक ओर सविकल्पक दोनो को ही प्रत्यक्ष मानते है। उनके अनुसार सादृश्य से सरकारो के उद्‌भव हो जाने पर स्मृति के द्वारा वस्तु विशेष के नाम जाति इत्यादि का ज्ञान उत्पन्न हो जाता है। इसी से उसका विशेष नाम सविकल्पक है।[५५] स्पष्ट है कि वृत्तिकार अनिरुद्ध सविकल्पक ज्ञान को स्मृतिजन्य मानते है और चूँकि स्मृति मनोभाव जन्य होती है। न्याय ओर वैशेषिक मे निर्विकल्पक ओर सविकल्पक दोनो प्रमाण माने गये है निर्विकल्पक प्रमा का लक्षण नामजात्यादियोजनाहीन वस्तुमात्रा वगाहिज्ञान र्निविकल्पम् दिया गया है। अर्थात जिस ज्ञान मे विशेषण और विशेष्य इत्यादि प्रकार से नाम जाति इत्यादि की प्रतीति होती है वह बालक या गूगे के ज्ञान का ज्ञान निर्विकल्पक कहा जाता है। एक सम्बन्धिज्ञानम् ‚परसम्बन्धिरमारकम अर्थात सम्बद्ध पदार्थो मे से एक का ज्ञान तुरन्त दूसरे का स्मरण करा देता है। इस नियम के अनुसार प्रौढ पुरुष को अर्थ का रवरूप ज्ञान होते है। तत्काल उसके नाम, जाति आदि का स्मरण हो जाता है। इस प्रकार दर्शन क्षण का उसका निर्विकल्पक ज्ञान और सविकल्पक ज्ञान मे परिणत हो जाता है। प्रत्यक्ष ज्ञान मे उभय प्रकार न्याय–वैशेषिक के अतिरिक्त अन्य वैदिक दर्शन सम्प्रदायों को भी मान्य है।[५६] मध्व वल्लभ तथा भर्तृहरि (वैयाकरण) के अनुसार सारा ज्ञान सविकल्पक ही होता है। वे ज्ञान के उत्पत्ति क्रम मे पदार्थ के सामान्य मात्र या स्वरूप मात्र के बोध का अस्तित्व स्वीकार ही नही करते। वे विशेषण–विशेष्य भाव से रहित कोई ज्ञान नही मानते। जैन दर्शन निर्विकल्पक की रात्ता तो गानता है। पर उसे प्रत्यक्ष की कोटि मे न रखकर उससे बाहर रखता है। वह केवल सविकल्पक को ही प्रत्यक्ष मानता है। इसलिए आचार्य हेमचन्द्र ने निर्विकल्पक को अनध्यवसाय रूप कहकर प्रमाण की कोटि से बाहर ही रखा है इसके विपरीत बौद्ध दर्शन केवल निर्विकल्पक ज्ञान को ही प्रत्यक्ष मानता है। आ०

दिङनाग के प्रमाण समुच्चय को प्रत्यक्षकल्पना पोढम नामजात्यासयुक्तम् कथन परवर्ती बौद्ध दार्शनिको के लिये पथ प्रदर्शक सिद्धात बन गया। आचार्य धर्मकीर्ति आदि बौद्ध नैयायिको ने नाम जाति आदि विकल्पो अथवा विशेषो को कल्पना मात्र मानते हुए उनकी प्रतीति को विशुद्ध प्रत्यक्ष (निर्विकल्पक) की कोटि से बाहर ही रखा। लेकिन वृत्तिकार अनिरुद्ध सविकल्प को प्रत्यक्ष न मानने के पक्ष का खण्डन किया है।[५७] वे कहते है कि सादृश्य से सस्कारो के उद्भव हो जाने पर स्वरूप भागत या वस्तुत ज्ञात होते हुए पदार्थो के नाम जाति आदि विकल्पो (धर्मो) का स्मृति के द्वारा ज्ञान हो जाता है। इस अधिक उपलब्धि के कारण ही यह सविकल्प वृत्तिकर है। लेकिन आ० भिक्षु सविकल्पक को ही प्रत्यक्ष मानते है। पर वे अनिरुद्ध के विपरीत सविकल्पक को भी निर्विकल्पक की तरह इन्द्रियजन्य मानते है। स्मृति की तरह केवल मनोजन्य नही।[५८] योग्यभाष्य मे व्यासदेव केवल सविकल्पक ज्ञान को ही इन्द्रियजन्य ही मानते है।

२ **अनुमान** - लिङलिगी पूर्वकम् यत अनुमानम[५९] इस प्रकार लिग या हेतु (व्याप्य) द्वारा लिगी या साध्य व्यापक ज्ञान का अनुमिति या अनुमान ज्ञान है। जैसे धूप से अग्नि का ज्ञान यहॉ धुप व्याप्य है और अग्नि व्यापक है। इस प्रकार अनुमान व्याप्ति सम्बन्ध[६०] पर आधारित है। अनुमान पहले दो प्रकारो मे विभक्त किया जाता है वीत और अवीत बीत जो अनुमान व्यापक विधिवाक्य अर्थात अन्वयव्याप्ति पर आधारित रहता है। यह दो प्रकार का होता है – पूर्ववत या सामान्यतोऽदृष्ट। अवीत – जो अनुमान व्यापक निषेधवाक्य अर्थात व्यतिरेक व्याप्ति पर आधारित रहता है। इसे शेषवत भी कहा जाता है। यह मत न्याय दर्शन[६१] के भी अनुरूप है। इस प्रकार अनुमान के तीन प्रकार है –

। **पूर्ववत अनुमान** - पूर्ववत अनुमान वह है जो वस्तुओ के बीच दृष्ट व्याप्ति सम्बन्ध पर अवलम्बित है। यहॉ नियत साहचर्य का सम्बन्ध पाया जाता है। जैसे धुॅआ देखकर आग का अनुमान करना।

॥ **सामान्यतोऽदृष्ट अनुमान** - उसे कहते है जहॉ लिग और साध्य के बीच व्याप्ति सम्बन्ध नही देखा गया है। किन्तु लिग का सादृश्य उन वस्तुओ से है जिनका साध्य के साथ नियत सम्बन्ध है।

जैसे इन्द्रियो का अनुमान इन्द्रियो के अगोचर होने से प्रत्यक्ष के विषय नही हो सकती है। अत इन्द्रियो के अस्तित्व का ज्ञान अनुमान के द्वारा सभव है। यथा सभी कार्य किसी न किसी साधन द्वारा सम्पादित होते है। जैसे किसी रूप या गम्य का अनुभव भी एक कार्य है। जिसके लिये किसी विशेष समान्य या कारण अर्थात इन्द्रियो को देना चाहिए। साख्यमत मे अतीन्द्रिय पदार्थो जैसे प्रकृति और पुरुष का अनुमान समान्यतोदृष्ट से होता है।

III **शेषवत् अनुमान** - जब सभी विकल्पो को छाटते–छाटते अत मे एक ही शेष बच जाता है तब बही सत्य प्रमाणित होता है। जैसे शब्द कर्म सामान्य विशेष समवाय या अभाव नही हो सकता है। अत शब्द गुण है।

श्री सतीश चन्द्र चटोपध्याय[६२] का मत है कि नैयायिक की भाति साख्य भी पचावयव वाक्य को अनुमानका सबसे प्रमाणित रवरूप मानते है। जिसे पदार्थानुमान कहा जाता है। जो निम्न है –

I **प्रतिज्ञा** - पक्ष के साथ साध्य का सम्बन्ध बतलाना जैसे पर्वत पर अग्नि है।
II **हेतु** - व्याप्ति के आधार पर साध्य की सत्ता प्रमाणित करने वाला तत्व जैसे पर्वत पर धूम्र है।
III **उदाहरण** - दृष्टात के साथ–साथ व्याप्ति का प्रतिपादन करना जैसे जहॉ–जहॉ धूप है वहॉ वहॉ अग्नि है। जैसे चूल्हा।
IV **उपनय** - दृष्टात की स्थिति से पक्ष की स्थिति की तुलना करना यह उपनय परामर्श का ही दूसरा नाम है। जैस–पर्वत पर वैसा ही धूम है।
V **निगमन** - प्रतिज्ञा वाक्य पर उपसहार करना। जैसे – अत पर्वत पर अग्नि है।

३ **शब्द** - आप्तवचन अथवा आगम प्रमाण कहा गया है। जिस विषय का ज्ञान प्रत्यक्ष या अनुमान के द्वारा नही होता। उसका ज्ञान आप्तवचन के द्वारा हो जाता है। वाक्य का अर्थ शब्दों का एक विशेष क्रम से विन्यास शब्द है। किसी वरतु का वाचक होता है। वाच्य विषय ही शब्द का अर्थ है। शब्द वह सकेत है जो किरी वस्तु के लिए प्रयुक्त होता है। वाक्य होने के लिये शब्द–बोध का होना आवश्यक है। शब्द दो प्रकार का होता है –

I **लौकिक शब्द** - एक विश्वासपात्र व्यक्तियो के आप्त वचन से प्राप्त ज्ञान । साख्य इसे स्वतत्र प्रमाण के अर्न्तगत नही रखता है। क्योकि ऐसा ज्ञान प्रत्यक्ष या अनुमान के द्वारा प्राप्त होता है।

II **वैदिक शब्द** - साख्य इसे ही शब्द प्रमाण मानता है। जो श्रुतियॉ वेद वाक्य ही है वैदिक वाक्य उन अगोचर विषयो का ज्ञान कराता है जो प्रत्यक्ष या अनुमान के द्वारा नही लाये जा सकते है।[६३] वेद अपौरुषेय है। अत वैदिक वाक्य स्वत प्रमाण है। वे द्रष्टा ऋषियो की अन्त अनूभूति है– लेकिन ये नित्य नही है– क्योकि दिव्य दृष्टि से उत्पन्न और सनातन पठन–पाठन की परम्परा मे है।

(II) प्रामाण्यवाद[६४]

प्रामाण्य प्रमाण का धर्म है प्रामाण्य का अर्थ है ज्ञान का सत्य होना। और अप्रामाण का अर्थ है ज्ञान का असत्य होना। प्रामाण्य और अप्रामाण्य की उत्पत्ति एक वस्तु है और ज्ञान (ज्ञप्ति) अन्य प्रामाण्य और अप्रामाण्य को रवत अथवा परत रूप में मानते है। यदि ज्ञान का प्रामाण अथवा अप्रामाण्य की प्राप्ति उसकी उत्पत्ति के साधन में (ज्ञानोत्पादक सामग्री) और ज्ञाप्ति के साधनो (ज्ञान ग्राहक सामग्री) से ही प्राप्त होती है तो रवत प्रामाण्य अथवा अप्रामाण्य कहलायेगा। लेकिन जब ज्ञान का प्रामाण्य अथवा अप्रामाण्य अपने ज्ञानोत्पादक सामग्री और ज्ञान ग्राहक सामग्री से भिन्न सामग्री में ज्ञात होता है तो परत प्रामाण अथवा आप्रमाण्य कहलाता है। यहॉ साख्य मे ज्ञप्ति और उत्पत्ति दोनो दृष्टियो से प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनों को स्वत माना गया है।

साख्य के सत्कार्यवाद और बुद्धि वृत्ति की व्याख्या से स्वत प्रामाण्य और अप्रामाण्य सिद्ध होता है। सत्कार्यवाद सिद्धात मे साख्य किसी भी नई उत्पत्ति को स्वीकार नही करता। अत ज्ञान का प्रागाण और अप्रामाण्य की कोई नई उत्पत्ति नही है। प्रामाण्य और अप्रामाण्य ज्ञान के ही गुण है तथा किसी भी वस्तु के तथा उसके गुणो के कारण भिन्न–भिन्न नही हो सकते है। अत ज्ञान का प्रामाण्य ओर अप्रामाण्य रवत दूसरे व्यावहारिक ज्ञान का प्रकाशक जो बुद्धि है। उसका त्रिगुणात्मक होना है। अर्थात तीनो गुण न्युनाधिक मात्रा मे सत्त्व, रजस और

तमस गुण सदैव विद्यमान रहते है। सत्त्व गुण प्रामाण्य तथा तमस् और रजस् गुण अप्रामाण्य रूप होने मे किसी भी बुद्धि की वृत्ति मे प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनो तत्त्व सदैव विद्यमान होते है।

वास्तव मे ज्ञान के विषय मे निरपेक्ष मत को स्वीकार भी नही किया जा सकता। प्रत्येक ज्ञान आशिक रूप से प्रमा और आशिक रूप से अप्रमा रूप होता है। इस दृष्टि से साख्य मत ठीक है। लेकिन साख्य प्रामाण्य की उत्पत्ति के लिए सत्व की प्रधानता पर बल देता है। जिसका एक मात्र साधन योग है। परन्तु यह व्यावहारिक समाधान नही है। क्योंकि साख्य द्वारा प्रस्तुत स्थिति हमारे व्यावहारिक जीवन तथा सामान्य अनुभव द्वारा पुष्ट नही होती। प्रमा तथा अप्रमा की उत्पत्ति के समय मानव की मनोवैज्ञानिक स्थिति लगभग एक ही होती है। दोनो ही ज्ञान उस समय प्रमा ही प्रतीत होते है। तब हम किस प्रकार यह जान सकते है कि अमुक अवस्था मे ज्ञान प्रमा रूप है तथा अमुक अवस्था मे अप्रमा रूप। इस सम्बन्ध मे कोई दिशा साख्य मत मे नही मिलता। अत साख्य द्वारा प्रतिपादित मत की व्यावाहारिक उपयोगिता नही है।

(iii) भ्रम सिद्धात

साख्य दर्शन मे भ्रात ज्ञान के लिये अविवेक शब्द मिलता है। साख्यकारिका और उसकी टीका तत्त्वकौमुदी मे भ्रम के सम्बन्ध में विवेचन नही है। साख्य एक वस्तुवादी दर्शन है। जिसके अनुसार देखने पर या दूसरे ज्ञान के अवसर पर हम बाह्य वस्तु मे अपनी ओर से किसी धर्म का आरोप नही करते है। इस दृष्टि मे कोई भी ज्ञान निरालम्ब (विषयहीन) या भ्रात नही है। साख्य को सामान्य सिद्धात के आधार पर भ्रम अर्थात ख्याति विषय सिद्धात इस प्रकार है – विश्व के सभी पदार्थ तीनो गुणो से निर्मित है। वे सुख–दु ख मोहात्मक है। इस प्रकार ज्ञान का विषय बनने वाली प्रत्येक वस्तु मे अनेक धर्म होते है। वस्तुए अपनी इन्ही विविध धर्मों के कारण सुखात्मक दु खात्मक और मोहात्मक होती है। अत उन्हे देखने या जानने वाला पुरूष भी विभिन्न राग–विरागो से युक्त होता है। पुरुष अपनी वासनाओ और प्रयोजनों के अनुरूप वस्तु विशेष के कुछ पहलुओं को देखता है और कुछ को नही। जैसे सीप के सफेद रग और चमक को देखता है। लेकिन उसके हल्केपन को नही जान पाता। अत उसे सीप मे चॉदी का भ्रम होता

है। इस प्रकार से भ्राति ज्ञान वस्तु का अपूर्ण ज्ञान है।[६५]

साख्य दर्शन मे इस सिद्धात को लेकर भी विवाद है। इस सम्बन्ध मे तीन मतों का उल्लेख किया जाता है—

I साख्य में अविवेक का जो स्वरूप मिलता है तथा तेरहवी कारिका की व्याख्या मे आचार्य वाचस्पति मिश्र कहते है कि एक वस्तु में विभिन्न धर्म होने से भिन्न भिन्न गुण (सुख दु ख मोह) उत्पन्न होते है। उसके आधार पर अख्यातिवाद के समान साख्य के भ्रम सिद्धात को माना जाता है। जिसकी विवेचना साख्यतत्त्वविवेचन मे मिलती है।[६६]

II साख्यसूत्र[६७] में साख्य मत को बाध और अबाध से सदसत ख्यातिवाद् माना गया है। जिसके अनुसार जब यह सर्प है ऐसा ज्ञान होता है उस समय यह पक्ष पुरोवर्ती वस्तु का निर्देश करता है। पुरोवर्ती वस्तु के सामान्य धर्म जगल में स्थित सर्प का स्मरण करा देते है। जिससे भ्रम शका डर आदि भी उभर आते है। परिणामस्वरूप उस पुरोवर्त्ती वस्तु और जगल मे स्थित सर्प के परस्पर असंसर्ग का ग्रहण नही हो पाता है ओर पुरोवर्ती वस्तु का जगल स्थित सर्प का ससर्ग समझ लिया जाता है। अत वे एक दीखने लगते है। पर जैसे ही हमे उस अससर्ग का ग्रहण होता है तब सर्प के स्वरूप से बाधा नही होती वह तो जगल मे जैसा पहले स्थित था अब भी है। इस आधार पर दृश्यादृश्य जगत का मूलकारण जाना जा सकता है। कार्य का बाध होता है जब कि कारण अबाधित रहता है। जैसे सुवर्ण वही रहता है लेकिन आकृति बदलती रहती है।

उक्त दोनो भ्रम सिद्धात स्वरूपत एक है। केवल विवेचन नाम दो है। क्योकि जब हम ज्ञान के आधार पर अथवा दो ज्ञानो को मुख्य मानकर प्रस्तुत करते है— तब उसे अख्यातिवाद कहते है— कितु जब ज्ञान के विषय को आधार मान लेते है— तो उसे सद्असद् ख्यातिवाद कहते है। इस प्रकार ये क्रमश प्रामाण्यवाद और कारणता सिद्धात पर आधरित है।

III आ० विज्ञानभिक्षु[६८] अपने भाष्य में उक्त मतों को अस्वीकार कर विवेकाग्रह को ही भ्रात ज्ञान का मूल तत्त्व मानते है। ऐसी स्थिति मे दीखने वाली शुक्ति से भिन्न बुद्धिस्थ रजत को स्वीकार

करना पडेगा जो साख्य के वस्तुवाद के अनूरूप नही है।

पाद टिप्पणी

१ – भास्काचार्य – निरुक्त साक्षज्ञत्कृतधर्माण ऋषयोबभमव

२ – शास्त्री प० उदयवीर साख्य दर्शन का इतिहाय भूमिका पृ०–१

३ – महाभारत शातिपर्व – ३०१/१०६

४ – महाभारत शान्तिपर्व – ३०६/४३

५ – साख्यकारिका – ५१

६ – साख्य प्रवचन भाष्य की अवतरिणा श्लोक

७ – साख्य सूत्र – १/६० पर भाष्य

८ – शास्त्री प० उदयवीर साख्य दर्शन का इतिहास पृ० – ६ – पाद टिप्पणी

६ – साख्यकारिका

१०– साख्यकारिका– १५

११– यत् परिमित तस्य सत् उत्पत्तिर्दृष्टा – युक्तिदीपिका

१२– कारण और कार्य निवर्तक और निवर्त्य होते है कारण से कार्य की निवृत्ति या सिद्धि होती है इस
प्रकार कार्य कारण का अनुमापक होता है – युक्तिदीपिका

१३– देवराज, डॉ० एन० के० भारतीय दर्शन पृ० – ३६४–३६५

१४– साख्यकारिका– १६

१५– नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सत गीता – २/१६

१६– शर्मा सी० डी० भारतीय दर्शन आलोचन और अनुशीलन पृ० – १४०

१७– गुणाना साम्यावस्था प्रकृति

१८– त्रिगुणानविवेकि विषय सामान्यमचेतन प्रसवधर्मी।। साख्यकारिका–१५।।

१६– गुणाना परम रूप न दृष्टिपथमृच्छति

२०– प्रीत्यप्रीतिविषादात्मका प्रकाशप्रवृत्तिनियमार्था ।। साख्यकारिका–१२।।

२१– सत्त्व लघुप्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भक चल च रज। गुरुवरणकमेव तम प्रदीपच्चार्थतो वृत्ति

।।साख्यकारिका–१३।।

२२– साख्यकारिका– १६

२३– साख्यकारिका– १७

२४– साख्यकारिका– १८

२५– साख्यकारिका– २१

२६– साख्यकारिका– २२ साख्यतत्त्व कौमुदी २६वी कारिका पर भाष्य

२७– साख्यकारिका– २५

२८– त्रयोदशकरण ।। साख्यकारिका–३२।।

२६– अतस्तद्वैकृतात् सात्विकाहकाराज्जायत इत्यर्थ अतश्च राजसाहकारदशेन्द्रियाणि तामारहकाराच्च तन्मात्राणीत्यापि गन्तव्यम साख्यसूत्र २/१८ पर भाष्य

३०– एकादशक – एकादश–सख्या–परिमित गण का बोधक है– उदासीन जी विद्वताषिणी

३१– साख्यकारिका– ३८

३२– साख्यकारिका– १

३३– साख्यकारिका– ४०

३४– ज्ञानेन चापवर्गो विपर्ययादिष्यते बध ।। साख्यकारिका–४४।। तदा द्रष्टु स्वारूपेऽवस्थापम्

३५– साख्यसूत्र और वृत्ति

३६– नाभुक्ते शीयते कर्त, ।।साख्यसूत्र – ५/२५।। और २६

३७– साख्यकारिका– ६७व६८ पर साख्यतत्त्व कौमुदी साख्यसूत्र – ३/७८–८४ पर अनिरुद्धवृत्ति साख्य प्रवचन भाष्य– ३/७६–८४ और ५/११६

३८– साख्यकारिका– ६२

३६– शर्मा सी० डी० भारतीय दर्शन आलोचन और अनुशीलन पृ० – १५२

४०– चट्टोपाध्याय और दत्त भारतीय दर्शन, पृ० – १८३–१८४

४१– साख्यप्रवचन भाष्य

४२– कारणमीश्वरमेके पुरुष काल परे स्वभाव वा।
प्रजा कथ निर्गुणतो व्यक्त काल स्वभावश्च।। (लुप्त कारिका)

४३— मजूमदार ए० के० द साख्य कासेप्शन आफ परसनेलिटी चैप्टर – I और II

४४— चटटोपाध्याय एव दत्त भारतीय दर्शन पृ० – १७६—१७७

४५— साख्यसूत्र— १/८७

४६— साख्यप्रवचन भाष्य— १/८७

४७— तस्मात सिद्धमध्वसायप्रमाणवादिन प्रमाणात्फलमर्थान्तरमिति— ६वी कारिका पर टीका

४८— साख्यकारिका— ३०

४६— साख्यरात्र— २/३२

५०— अक्रमशश्च – रात्रौ विद्युदालोके व्याघ्र द्रष्टवा झटित्यपसराति तत्र चतुर्णामेकदावृत्ति और यद्यपि वृत्तीनामेकदाऽराभवात् तत्रापिक्रम एव तथाप्युत्पल शतपत्र व्यतिभेदवदवभासनादक्रम इत्युक्तमिति – साख्यसूत्र २/३२ पर टीका

५१— साख्यतत्त्व कौमुदी— १६८

५२— साख्यकारिका— ४ और ५

५३— साख्यप्रवचन भाष्य—१/६६ व्यासभाष्य— ४/२२

५४— चटटोपाध्याय सतीशचन्द्र द न्याय थ्योरी आफ नॉलेज अध्याय—६

५५— अनिरुद्ध वृत्ति साख्यसूत्र १/८६ पर

५६— श्लोकवार्तिक (प्रत्यक्ष सूत्र) ११२ १२०

५७— प्रत्यक्ष सूत्र— १/८६ पर अनिरुद्ध वृत्ति

५८— क्रमशोऽक्रमशश्चेन्द्रिय वृत्ति ।। साख्य प्रवचन भाष्य— २/३२।।

५६— साख्यकारिका— ५

६०— न सकृद्ग्रहणात् सबधसिद्धि ।। साख्यसूत्र—५/२८।।

६१— न्यायभाष्य— १/१/३२

६२— द न्याय थ्योरी आफ नॉलेज (बुक III) न्यायवार्तिक बोध पृ० – ३८ न्यायसूत्र – १/३२—३६ साख्यसूत्र – ५/२७

६३— साख्यकारिका— ५१

६४— देवराज डॉ० एन० के० भारतीय दर्शन पृ० – २६६—२६७

चतुर्थ अध्याय

सांख्य दर्शन का तत्त्ववाद

किसी भी वरतु को व्यवहार मे दो प्रकार से देखने की प्रणाली सदैव प्रचलित रही है–

(i) वस्तु के स्वरूप सबधी अवधारणा की अन्तरग परीक्षा

(ii) वस्तु के कर्त्ता दिक्काल मौलिकता तथा परतत्रता आदि सबधी विवेचना की बहिरग परीक्षा

उक्त दोनो एक दूसरे के पूरक है भारतीय परम्परा अन्तरग परीक्षा और पाश्चात्य परम्परा बहिरग परीक्षा को महत्त्व देती है। जबकि तत्त्व सम्बधी विवेचना मे दोनो का समन्वय आवश्यक है।[1] साख्य दर्शन के विचार मे कर्तृत्त्व के निश्चित हो जाने पर उसकी प्राचीनता रवय निर्धारित हो जाती है। यद्यपि साख्य दर्शन अन्तरग परीक्षा पर बल देने के कारण एक परीक्षा हो जाता है। साख्य मे दो प्रकार के तत्त्वो को रवीकार किया गया है एक प्रकृति जो अचेतन सगुण सविकार और सक्रिय है तथा दूसरा पुरुष जो चेतन निर्गुण निर्विकार एव निष्क्रिय है। प्रकृति अव्यक्त है जबकि पुरुष अनादि अनन्त अव्यय एव जन्मादि से व्यतिरिक्त माना गया है।[2]

बहत्तरवी कारिका के सन्दर्भ मे माठर वृत्ति[3] का व्याख्यान है तत्रमित्याख्यायते। तम एव खल्विदमग्रासति। तस्मिस्तमसि क्षेत्रज्ञोऽभ्यवर्तते प्रथमम। तम इत्युच्यते प्रकृति पुरुष क्षेत्रज्ञ। इससे रपष्ट है कि वह तत्र पद की व्याख्या कर रही है जिसमे तमस ही पहले था। यहाँ तमस् की विद्यमानता मे क्षेत्रज्ञ प्रथम वर्तमान था। यहाँ तमस प्रकृति और पुरुष क्षेत्रज्ञ माना गया है। इरा प्रकार तत्र पद के निर्वचन का एक विशेष प्रकार ध्वनित होता है। तमस शब्द का तम और क्षेत्रज्ञ का त्र वर्ण लेकर तत्र पद बना है जिसके अनुरार जिरामे प्रकृति एव पुरुष के स्वरूप का विवेचन हो वह तत्र है।

साख्य दर्शन को तत्त्व–सबधी धारणा निम्नवत है –

(I) प्रकृति

साख्य दशन का प्रथम तत्त्व प्रकृति है। यह जड सक्रिय और त्रिगुणात्मक है।[4] प्रक्रियते अनयेति प्रकृति अर्थात जिससे कोई पदार्थ बनाया जाए उसे प्रकृति कहते है। मूल प्रकृति प्रधान भी कहलाती है। प्रकृष्ट कारण होने के कारण इसे प्रकृति और प्रसवधर्मा होने से

भी इरो प्रकृति कहा जाता है।[५] विश्व के कार्य–राघात का वह गूल है वह राबका कारण है इसका कोई कारण नही है। मूले मूलाभावादगूल मूलम अर्थात प्रकृति ही सबका मूल कारण है।[६] रात्त्व रज ओर तम इन ती ो गुणो की राम्यावस्था का नाम प्रकृति है।[७] प्रकृति के महदादि ही है जो कार्य है वह त्रिगुणात्मक प्रत्यक्षगम्य सभी पदार्थो मे विविध गुणो की रात्ता रपष्ट प्रतीत होती है प्रत्येक पदार्थ सुख–दुख और मोह का जनक है। अत इनका कारण भी त्रिगुणात्मक होगा जो कि प्रधान ही है। इस प्रकार अनुमान से भी प्रकृति की सत्ता सिद्ध है। अतिसूक्ष्म होने के कारण प्रधान का प्रत्यक्ष नही होता अत कार्य से ही कारण का अनुमान किया जाता है।[८]

प्रकृति के तीन गुणो मे रात्व गुण सत्व शब्द की व्युत्पत्ति सत से है सत् का अर्थ है जो यथार्थ है। यद्यपि इरा प्रकार की राज्ञा चैतन्य के लिए प्रयुक्त होती है लेकिन रात्व गुण कार्य क्षम चैतन्य होने के कारण उरो ऐरा गाना गया है गोण अर्थ मे सत् अर्थात् रात्त्व पूर्णता है।[९] सत्त्वगुण लघु एव प्रकाशक होता है इसी रो बुद्धि में विषय ज्ञान का प्रकाश होता है तथा इन्द्रियो मे प्रसन्नता का सचार होता है।[१०] रजोगुण गतिशील है ओर अन्यो को भी गति देता है जबकि तमोगुण जडता का प्रतीक है।[११] सृष्टि प्रकृति की वैषम्यावस्था है। कार्यावस्था मे आने पर विकृति कहलाती है।[१२] अत गुणत्रय रूपी लिग से ही प्रकृति की सत्ता रिाद्ध होती हे।[१३]

श्रुति प्रमाण रो भी प्रकृति की रात्ता रिाद्ध है। तदैक्षात बहुरया ब्रजायेयेति तत्तेजोऽसृजत इरा श्रुति कथन का तत् शब्द रार्वकारणभूत प्रधान को ही बताता है। क्योकि रात्व गुण युक्त होने ओर परिणागी होने के कारण प्रधान मे ज्ञानशक्ति ओर क्रियाशक्ति दोनो है ब्रह्म मे नही।[१४] व्यक्त जगत मे जितने भी भद है वे राब परिमित पराधीन और अनिल है। अत उसका कारण अपरिमित रवतत्र और नित्य होना चाहिए। चूँकि प्रकृति परिमित नही है। अत उसके परे अथवा उराके कारण की कल्पना नही हो राकती।[१५] इसी प्रकार प्रधान मे शब्द रपर्श रूप ररा एव गध अवयव न रहने से प्रकृति निरवयव है।[१६]

राख्य दर्शन मे रृष्टि का गूल कारण प्रकृति निगुण सत्व, प्रसव–धर्मिणी अचेतन

अलिग क्षेत्र, ज्ञान बहुधानक आदि संज्ञाओ की व्याख्या पुराण एव महाभारत मे मिलती है। पुराणो मे प्रकृति के प्र–कृ–ति अक्षरों द्वारा भी अव्यक्त की व्याख्या की गयी है। गीता दर्शन पर विचार करते हुए दासगुप्ता[१७] ने व्यक्त पद को त्रिविध विभक्त किया है – (i)पुलिग (ii) नपुसकलिग (iii) अनिश्चित लिग रूप अर्थात् समरत पद मे प्रयुक्त इसमे दासगुप्ता अभिव्यक्त को केवल नपुसक लिग मे प्रयुक्त प्रकृति के अर्थ मे माना है। जबकि पुराणो एव महाभारत मे पुलिग अभिव्यक्त को पुरुष का द्योतक मानता है। पुरुष एव प्रकृति निर्विवाद अभिव्यक्ति माने गये है लेकिन पुरुष जहा प्रत्यक्षगम्य होने के कारण अभिव्यक्त है वही प्रकृति कारण रूप तथा प्रत्यक्ष लिग होने के कारण अभिव्यक्त है। साख्य दर्शन मे प्रकृति को स्त्रीरूप माना गया है[१८] इसे अनेक तत्त्वो का आध्यात्मिक सघात माना गया है जो सतत परिवर्तनशील है। आनुभविक जगत का मूल कारण प्रकृति है जो अव्यक्त है तथा अत्यन्त सूक्ष्म होने के कारण इन्द्रिय गोचर नही है जिसका ज्ञान विश्व के नानात्व के द्वारा अनुमान द्वारा सभव है। विश्व का प्रथम सिद्धान्त होने के नाते इसे प्रधान कहते है। यह अत्यन्त अचेतन होने के कारण जड भी कहा जाता है तथा सतत क्रियाशील अपरिमित ऊर्जा होने के कारण यह शक्ति कहलाती है। साख्य दर्शन कारणकार्य सिद्धान्त की व्याख्या करते हुए कहता है कि कारण वह सत्ता है कि जिसमे कार्य अव्यक्त रूप मे पहले से विद्यमान रहता है।[१९] इस दृष्टि से साख्य दर्शन प्रकृति परिणामवादी सत्कर्म को स्वीकार करता है। प्रकृति सत्वगुण रजोगुण एव तमोगुण से युक्त होकर त्रिगुणात्मिका कहलाता है। ये त्रिगुण ही प्रकृति है[२०] जिसके न्यूनाधिक सम्मिश्रण से सम्पूर्ण जगत की सृष्टि होती है।

सत्व रज एव तम प्रकृति के धर्म नही अपितु प्रकृति स्वरूप है। स्वरूप की साम्यावस्था कोई अवस्था नही अपितु गुणो की स्थिति है।[२१] जबकि आधुनिक विद्वानो ने सत्व रज एव तम को गुण विभाग के रूप मे स्वीकार किया है और सत्वादि को अनेक सख्यक माना है। लेकिन पुराण इतिहास एव कारिकादि मे इस प्रकार के निर्देश का अत्यन्ताभाव है। साख्य मे धर्म परिणाम विकार, कार्य एव विषेश इत्यादि समानार्थक है। इस प्रकार धर्मी परिणामी कारण एव सामान्य इत्यादि एकार्थक है। वस्तुत प्रकृति स्वरूप गुण सत्व रज तम जिनका प्रीत अप्रीत एव विषादात्मक[२२] स्वरूप उभयत्र समान रूप मे उपस्थित है। कारिकादि के व्याख्याकारो ने गुण विवेचन के सन्दर्भ मे पुराण वचनो का ही आश्रय लिया है।

महाभारत मे अव्यक्त–प्रकृति–प्रधान एकार्थक है। प्रकृति के अव्यक्त नाम से ही व्यक्त अथवा कार्य के सत् होने का प्रतिपदान होता है।[२३] कार्य को सत् सिद्ध करने के लिए अनुलोम एव प्रतिलोम परिणामो को अभ्युपगत किया गया है। प्रकृति के परिवर्तनशील सिद्धान्त को व्यवस्थित करने के लिए ही समान एव वैषम्य द्विविध अवस्थाओ को माना गया है।[२४] दोनों एक दूसरे से इतने सम्पृक्त है कि योगियो के लिए भी दुरुह एव दु साधन है।

सभी कार्य अनुलोम क्रम से उन्नत तथा प्रतिलोम कम से कारणलीन होते है। इसके लिए सत्व तथा तमस मे पररपर की स्थिति अनिवार्य रूप से आवश्यक है अथवा अन्योन्य में इसका परिवर्तन सत्कार्यवाद के अनुरूप राभव नही होगा। चूँकि इन दोनो मे गति का अभाव है। अत पररपर को प्राप्त करने के लिए गति के रूप मे रजो गुण को स्वीकार किया गया है। ये प्रेरक तत्त्व के रूप मे माना गया है। इसकी स्थिति सत्व तथा तमस् मे है अन्यथा इसे बाह्य प्रेरक मानना पडेगा जो साख्य के लिए अनिष्टकारी होता। साख्य मे प्रकृति की मुख्य कारक है। सन्निधि मात्र से गुणक्षोभक होने से पुरुष निमित्त मात्र है। त्रिगुण मे एक दूसरे के उपकारक होने के कारण पररपरोकार्यकारणभाव से त्रिगुण सिद्धान्त से अभ्युपगत होता है। त्रिगुण की व्याख्या वटबीज के रूप मे करते हुए डा० बी० एन० सील[२५] तथा राधाकृष्णन्[२६] यह मानते है कि बीज स्थूल के प्रति करने के लिए एक गति की अपेक्षा रखता है। इसलिए गतियुक्त मानना आवश्यक है। जिस प्रकार तम को प्रति करने के लिए सत्त्व मे गत्यात्मक रजस की स्थिति मानना जरूरी है । उसी प्रकार प्रतिलोम क्रम मे सत्व की स्थिति को प्राप्त करने के लिए तमस मे गत्यात्मकता रजस की स्थिति मानना आवश्यक है। इस प्रकार ये तीनो एक दूसरे से सम्पृक्त है। इनकी सम्पृक्तता भी अलौकिक है। इसकी तुलना बालुका एव जल अथवा दूधजल के सम्मिश्रण से उपमित नही किया जा सकता। क्योकि जहाँ बालुका एव जल पृथक–पृथक् प्रतीत होते है। वही दूध एव जल के सम्मिश्रण को पृथक करके समझना अत्यन्त कठिन है। त्रिगुण स्वप्राधान्यानुसार स्पष्ट रूप से प्रतीत होते है। फिर भी इन्हे। पृथक करना सभव नही है किन्तु कुछ विद्वान त्रिगुण के इस अपृथक् सबध को बाद का मानते है। जबकि कीथ इसका विरोध करते हुए मानते है कि साख्य मे सर्वदा गुण सिद्धान्त मान्य रहा है। गुण सिद्धान्त से रहित साख्य की कल्पना ही बेकार है।[२७]

कीथ का विचार नितान्त समीचीन है क्योकि साख्य की प्रकृति त्रिगुण सिद्धान्त मे अविनाभाव है। तत्वसमास मे भी त्रैगुण्यम का ही प्रयोग है। गुणो के विषय मे आ० विज्ञानभिक्षु इन्हे वस्तु मानते है किन्तु आ० वाचरपति मिश्र गौडपाद तथा अन्य साख्यकार यहॉ चुप है। आ० भिक्षु का व्याख्यान इनके स्वभाव के विषय मे बहुत अधिक सन्तोषजनक एव बौद्धिक है। ऐसा लगता है कि आ० विज्ञानभिक्षु से पहले के लोग इस विचार से परिचित न रहे हो तथा भौतिक सिद्धान्त के स्थापन के समय गुण स्वभाव विषयक धारणा अव्यक्त रही हो। लेकिन १६वी सदी के भिक्षु इस मत के उद्भावक नही पल्लवित करने वाले ही हो सकते है। क्योकि पूर्व टीकाकार एव विद्धान आदि इससे परिचिन रहे होगे कि साख्य मे गुण तथा द्रव्य ही विवक्षित होता है। अत गुण प्रकृति रवरूप होन से द्रव्य स्वरूप है।[२८]

दासगुप्ता गुणो का केवल तीन अर्थ– विशेषण ररसी तथा गौण मानते है।[२६] पुराणेतिहास मे गुण प्रकृति विकार अच्छाई गुना तथा पाश आदि अनेक अर्थों मे प्रयुक्त है। प्रो० हिरियन्ना गुण का अर्थ ररसी नही मानते है लेकिन इसके अतिरिक्त कोई समाधान नही देते।[३०] दासगुप्ता ने इस अर्थ को आ० विज्ञानभिक्षु के अनुकरण पर रवीकार किया है। आ० विज्ञानभिक्षु का मत है कि पुरुष को बॉधने के कारण ही गुण पाश रवरूप है। इस सन्दर्भ मे आगम प्रमाण भी मिलते है। गुण बॉधने के साथ–साथ पुरुष को मुक्त भी करता है। लोकमान्य तिलक भी पुरुष को बॉधने एव छोडने को लेकर त्रिगुण को पाश के अर्थ मे मानते है।[३१] तत्त्व– समास की टीकाओ मे पुरुषोपकारी होने से सत्वादि को गुण माना गया है। दूसरे शब्दो मे पुरुषार्थ साधक होने से गुण है। इनके विविध परिणामो मे पुरुष के भागोपवर्ग साधन की महान शक्ति होती है। दासगुप्ता की मान्यता है कि गुण किसी न किसी रूप मे परिवर्तनशील होने से गौड अर्थ है। पुरुष स्थिर है। ये त्रिगुण सर्वव्यापक सर्वप्रेरक एव सर्वोपादान है। प्रकृति रवरूप त्रिगुण को अनेक सख्यक मानते हुए डा० अणिमा सेनगुप्ता डा० राधाकृष्णन को अपने समर्थन मे उद्धृत करता है[३२] लेकिन यह मत असगत है। क्योकि डा० राधाकृष्णन आ० वाचरपति मिश्र के मत का समर्थन करते है और आचार्य विज्ञानभिक्षु के मत का खण्डन। त्रिगुण को डा० राधाकृष्णन प्रत्यक्षातिग एव कार्यस्वभानुमेव मानते है।[३३] सत्त्व को सत् अस्तित्व रो व्युत्पन्न करके सुक्ष्मतादि को उसके अनुमापक के रूप मे माना है। इसके अनुरार त्रिगुण सिद्धान्त का उद्गम मनोविज्ञान है।

उपनिषद् आदि ग्रन्थो मे इसका प्रयोग इसी रूप मे हुआ है। व्यवहार मे इनकी उपमा मेघ रत्री छत्र आदि रो दी जाती है। उनके अनुसार इसके लिए अधिक से अधिक तीन ही अथवा न्यून रा न्यून सख्या तीन ही हो सकती है।[३४]

समस्त जगत एव व्यवहार प्रकृति के तीनो गुणो मे ही समाहित है। प्रकृति से ऊपर पदार्थ एव क्रिया की कल्पना ठीक नही है। पुरुष निर्गुण तथा निष्क्रिय होकर भी जब प्रकृति के पाश मे एक बार पड जाता है तो घटियन्त्रवत जन्ममरण के चक्र मे भ्रमण करता है। गुण परिज्ञान पर्यन्त उस पाश से पुरुष की मुक्ति सभव नही है। त्रिगुण मे प्रत्येक गुण मोक्ष के लिए उपकारी नही है इसके लिए उपकारी गुण के ज्ञानार्थ त्रिगुण का ज्ञान अनिवार्यत जरूरी है। स्पष्ट है कि सत्व रजस एव तमस तीनो मे सत्व गुण निर्मल होने के कारण मोक्ष के लिए उपयोगी है। यही कारण है कि सूर्य के प्रकाश मे सर्वत्र बल दिया गया है। आ० पचशिख के विवेचन मे गुण परिज्ञान को विमोक्ष बुद्धि कहा गया है। जिसे जानने वाला अप्रमत्त हो जल मे वर्तमान किन्तु तद्सम्पृक्त कमलपत्र की भॉति कर्मफल से असम्पृक्त रहता है।[३५] गीता[३६] एव देवीभागवत[३७] मे भी गुणो की व्यापकता को स्वीकार करते हुए गुण परिज्ञान को असभव माना है। वास्तव मे वरतु मे मात्र गुणत्रय समन्वित है। जैसे कि विष्णु सत्वप्रधान होकर भी रजसतमस समन्वित ब्रह्मा रस प्रधान होकर भी सत्व–तमस समन्वित और शिव तमप्रधान होकर भी सत्वरजस युक्त हे। इस प्रकार भारतीय मान्यता मे ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्त सदेवासुरमानुष इन्ही त्रिगुणो के परिवेश मे वर्तमान है। रपष्ट है कि परिणामात्मक सत्कार्यवाद यहॉ आधारभूत रूप मे रवीकृत है।

साख्य गतिविज्ञान के नाम रो भी प्रसिद्ध है।[३८] प्रकृति पुरुष के सयोग से कर्मप्रवाह परिवर्तित होता है। कर्म प्रकृति मे है पुरुष से पुरुष से उसका कोई सबध नही है। गुण प्रवाह पद गुणो की प्रवृत्ति को अधिकृत कर कर्म प्रवाह के अर्थ मे प्रयुक्त होता है। प्रकृति स्वरूप गुण को कर्म अभिज्ञ मानते हुए स्पष्ट है कि कर्मभाव है तत्त्व नही और गुण तत्त्व है भाव नही। अत नामरूप कर्म अविद्या माया एव प्रकृति को एकार्थ मानना दोषपूर्ण है क्योकि नामरूप कर्म के फलस्वरूप होता है और प्रकृति–पुरुष का अपार्थक्य अविद्या है। जबकि माया जगत एव जीवन की निरर्थकता का द्योतक है। महाभारत मे साख्य के लिए प्रकृतिवादी सज्ञा का प्रयोग हुआ है

तो लोकमान्य तिलक[३९] त्रिवृत्त्करण को पचीकरण से पूर्व का मानते हे।

साख्यकारिका[४०] मे एक ही प्रकृति को माना गया है। जबकि विष्णु पुराण आदि मे जितनी सृष्टियॉ है अथवा होगी उतने मूल प्रकृति को रवीकार किया गया है। इस प्रकार यहॉ प्रकृति की बहुलता अर्थात् अनेकता को माना गया है[४१] किन्तु आ० विज्ञानभिक्षु के मत मे सभी सूक्तियो की मूल प्रकृति भिन्न–भिन्न नही है वस्तुत वे अभिन्न है। किन्तु उस मूल प्रकृति की अभिव्यक्ति हर सर्ग मे अलग–अलग होती है जैसे एक ही वृक्ष ऋत भेद से भिन्न–भिन्न सा रूप ग्रहण करने पर भी रवय अभिन्न रहती है। इस प्रकार उस अनेक व्यक्तित्व को मान लेने पर भी प्रकृति का अनेक व्यक्तित्व रूप पुरुष बहुत्व सिद्धान्त से बिलकुल भिन्न है। क्योकि पुरुष–बहुत्व मे प्रत्येक पुरुष अन्य पुरुषो से भिन्न होता है। जबकि एक सर्ग की प्रकृति दूसरे सर्ग की प्रकृति से अलग नही होती। अत यहॉ प्रकृति–बहुत्व नही कर प्रकृति–व्यक्तित्व–बहुत्व को ही माना गया है।[४२]

गुण विभु है तीनो गुणो मे पाररपरिक वैधर्म्य एव साधर्म्य है। सत्वादि गुणो मे लघुत्व चलत्व और गुरूत्वादि का ममता देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि ये गुण विभु नही बल्कि परिच्छिन्न है। लेकिन जैसा कि माना गया है कि परिच्छिन्न होना स्थान पर अनुपस्थिति की उपयोगिता पर प्रतियोगिता के अवच्छेदक से अविच्छिन्न होना है और वेसा न होना विभु होना हे। सलादि द्रव्य चूँकि ससार की सभी वस्तुओ के उपादान कारण है अत उनके स्थानीय अभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक से अविच्छिन्नता नही है। इसलिए सत्वादि तम विभु का व्यापक सिद्ध होते है।[४३] इन गुणो के विषय मे एक बात ओर रपष्ट है कि तीनो गुण सख्या मे केवल तीन ही नही अपितु व्यक्तिभेद से अनन्त है। उन्हे अनन्त व्यक्तित्व वाला न मानने से यह बात कभी भी सिद्ध नही हो सकती है कि गुणो के पररपर त्रिगुण वैचित्य से कार्य वैचित्य होता है। गुणो केब असख्य व्यक्त्वि वाले होने पर भी इन्हे तीन ही मानना जाति अथवा समान्य दृष्टि से उचित है।[४४]

सृष्टि एव प्रलय क्रमश मानने पर भी सृष्टि अनादि है। सृष्टयादि का हेतु प्रकृति–पुरुष सयोग है जैसा कि साख्यकारिका के रचयीता ईश्वरकृष्ण वाचरपती मिश्र

परमार्थ गौडपाद और अनिरुद्धादि साख्य शास्त्री मानते है। किन्तु विज्ञान भिक्षु[४५] साख्य सूत्रो के आधार पर मानते है कि यह प्रकृति पुरुष सयोग सर्ग का मूल हेतु नही है। उनकी दृष्टि मे इस सयोग का कारण अविद्या है जो कि वि मता राबध से पुरुष गत मानी गयी है। यह अभावात्मक अथवा तुच्छ नही है। इस अविद्या के द्वारा ही प्रकृति पुरुष सयोग होता है ओर इरा सयोग के उपरान्त राृष्टि होती है। जो व्यक्ति सृष्टि की मान्यता पर आधारित है। किन्तु समस्त सृष्टि मे प्रकृति पुरुष सयोग का निमित्त अविवेक को नही माना है बल्कि इसमे ईश्वर की इच्छा का समावेश किया गया है। परिणामरवरूप वे इसका साख्य प्रक्रिया के अन्तर्गत समावेश नही कर सके है अत यहॉ चित्त सामान्य का प्रकृति सयोग कीं कारण रूप माना जाना चाहिए।

प्रथम सृष्टि पदार्थ महत तत्त्व है जो व्यष्टि रूप से वृद्धि और समष्टि रूप से जगत बीजभूत हिरण्यगर्भ है।[४६] बुद्धि के जागरण के समय चिदचिद् का विभाजन नही होता है। अहकार के समय ही यह विभाजन उत्पन्न होता है इसी तरह साख्य मे भी अहकार एक विभाजक तत्त्व के रूप में माना गया है।[४७] बुद्धि के पर्याय के रूप मे प्रयुक्त पुरिशेते से व्युत्पन्न पुरुष निगुर्ण निष्क्रिय निष्कलक चित रवभाव पुरुष से भिन्न ही कुछ लोगो के मत मे इन्दियो को केवल तैजसजन्य माना गया है।[४८] आचार्य विज्ञानभिक्षु ११वी इन्द्रिय मन को ही सात्त्विक मानते है ओर अन्य इन्द्रियो और अहकारादि को राजस। अहकारोपादानक होने के कारण ही मन बाह्येन्द्रियो से साधर्म्य रखता है तथा ज्ञान कर्म के रूप मे द्विधा विभक्त इन इन्दियों द्वारा आलोचित विषयो का मनन करने के कारण उभयात्मक एव इन्दियेश्वर है। भरतीय दर्शन मे एक ही मन माना गया है। भट्ट मीमासा के अतिरिक्त सभी आरितक दर्शन इसे अणु परिणाम रूप मानते है जिसके अभाव मे विषय का प्रत्यक्ष सभव नही है। जबकि पाश्चात्य दर्शन मे दो प्रकार के मन माने गये है। जिसके कारण इस दशर्न को सकुचित दृष्टि वाला माना जाता है।[४९] मन अहकार से साक्षात उत्पन्न होने के कारण इसे अहकार के बाद तीसरे रार्ग के रूप मे माना गया है। सत्त्व के समुद्रेक मे बुद्धि को महान कहा गया है ज्ञान बुद्धि के सात्विक धर्मों में आता है। इसलिए इसी से पुरुष को मुक्ति प्राप्त होता है।[५०] तन्मात्रा को क्रमश एक द्वि त्रि चतु पच गुणात्मक माना गया है।[५१] आर्चाय वार्षगण्य भी इसी मत को मानते है।[५२] तन्मात्र से स्थूल भूत का अपने गुणो के साथ उत्पन्न होना कारणरूप गुणों के अनुसार होता है। डॉ० राधाकृष्णन् भी इस मत का

रामर्थन करते है।[५३] जिसकी रपष्ट विवेचना आचार्य विज्ञानभिक्षु के योगवार्तिक मे भी मिलते है। जबकि कर्म मार्कण्डेय मत्स्य पुराण आदि[५४] तन्मात्र एकेक गुणात्मक मानते हे पर विकारा की विविधता और दुरुहता देखते हुए यह मत मानना उचित नही है।

देश–काल की सत्ता साख्य मे पृथक नही मानी गयी है। अपितु इनके सीमित एव असीमित द्विविध रूप हो सकते है ऐसा माना गया है। सीमित होने पर इन्हे आकाश से सम्बद्ध किया जाता है जबकि इन्हे नित्य मानने पर इनका पर्यावसान प्रकृति मे किया जाता है काल का सबसे छोटा भाग क्षण ही और दिक का सबसे छोटा भाग अणु है। इस प्रकार परिर्वतन की प्रत्येक इकाई को क्षण के द्वारा समझा जाता है। इनका एकीकरण जो बुद्धि का कार्य है। दण्डादि के प्रत्यय को उत्पन्न करता है यही कारण है कि योगभाष्य तथा दूसरीटीका तत्त्ववैशारदी मे काल को बुद्धि निर्माण कहा गया है।[५५] आधुनिक भौतिकशास्त्री भी इस अध यात्मिक काल मापावधि को स्वीकार करते है।[५६] आधुनिक भौतिकशास्त्री आइस्टीन भी समय के मानसिक अस्तित्व मे सिद्ध करने के लिए मानते है कि एक मनुष्य का सुन्दरियो के बीच एक घण्टा भी एक क्षण के बराबर है। जबकि चूल्हे के पास व्यतीत होने वाला एक क्षण घटों के समान लगता है।[५७]

कारिका तेभ्यो भूतानि पञ्च पञ्चभ्य [५८] की माठर द्वारा कथित पररपरानुप्रवेशि द्वारा मिश्रित तनमात्राओ से महाभूतो की उत्पत्ति के सिद्धात का खण्डन करते हुए युक्तिदीपिकाकार का मत है कि एक एक तन्मात्र से एक एक महाभूत की उत्पत्ति पृथक–पृथक् होती है।[५९] इस प्रकार मठार के अनुसार शब्दतन्मात्रानुप्रविष्टस्पर्शतन्मात्र से वायु शब्दस्पर्शतन्मात्रानुप्रविष्ट रूपतन्मात्र से तेज शब्दस्पर्शरूपतन्मात्रानु– प्रविष्ट रसतन्मात्र से जल एव शब्दर्स्पशरूपरसतन्मात्रानुप्रविष्ट गधतन्मात्र से पृथ्वी उत्पन्न होती है। जबकि युक्तिदीपिकाकार के मत मे शब्दतन्मात्र से आकश रपर्शतन्मात्र से वायु रूपतन्मात्र से तेज रसतन्मात्र से जल और गधतन्मात्र से पृथ्वी उत्पन्न होती है। लेकिन इनका मानना है कि स्पर्शतन्मात्र शब्द ओर रपर्श गुणों वाला रूपतन्मात्र शब्द रपर्श और रूप गुणों वाला रसतन्मात्र शब्द स्पर्श रूप एव रस गुणो वाला तथा गधतन्मात्र शब्द रपर्श रूप रस एव गध गुणों वाला होता है।

३२वी कारिका[६०] के व्याख्यान मे युक्तिदीपिकाकार कहते है कि विषयो का आहरण कार्य कर्मेन्दियॉ ही करती है। क्योकि विषयो का ग्रहण करने की सामर्थ्य मात्र उन्ही मे है। जबकि धारण कार्य केवल ज्ञानेन्द्रियॉ ही करती है। क्योकि विषयों की सन्निधि होने पर उनका आकार धारण करने अथवा उन्ही के आकार का हो जाने का स्वभाव और सामर्थ्य केवल उन्ही मे है। दूसरी ओर विषय का प्रकाशन कार्य अन्त करण–मन अहकार एव बुद्धि द्वारा होता है क्योंकि निश्चय करने का सामर्थ्य केवल उन्ही मे होता है। लेकिन इसके विपरीत माठर का मत है कि इन्द्रियॉ मात्र का कार्य आहरण अभियान का कार्य धारण तथा बुद्धि का कार्य धारण तथा प्रकाशन है।[६१] जयमगलाकार युक्तिदीपिकाकार के मत से सहमत होते हुए भी इतना भेद है कि बुद्धि को प्रकाशन कार्य करने वाली इन्द्रियो के साथ न रखकर धारण करने वाले मन एव अहकार के साथ रखा है।[६२] मूलकारिका मे समस्त त्रयोदशकरणो के कायो को आहरण धारण एव प्रकाशन इन तीन ही कोटियो मे अन्तभूति कर दिया गया है। तत्त्वकोमुदीकाकार वाचस्पति मिश्र भी जयमगला के विचारों से सहमत है।

कारिका के प्रभूत'[६३] पद का अर्थ युक्तिदीपिका[६४] मे उद्भिज एव स्वेदज किया गया है जो एक नवीन मत है। जिसके अनुसार स्वेदज एव उद्भिज जीवों के शरीरो का कारिकोक्ति सूक्ष्मशरीर मातापित्रज– शरीर एव प्रभूत महाभूत' मे से किसी मे भी अन्तरभाव नही किया जा सकता। किंतु जयमगल तत्त्वकौमुदी आदि टीकाओं मे युक्तिदीपिका के उक्त अर्थ का निषेध करते है।

कारण–कार्य सिद्धात के सन्दर्भ मे कारिका के टीकाकारो के मत मतवैभिन्न होने के बावजूद कारणकार्य विभागत् हेतु पद का जो अर्थ माठरवृत्ति[६५] मे मिलता है। वहॉ अर्थ युक्तिदीपिका एव जयमगला मे भी मानी गयी लेकिन बाद में दोनों दोषपूर्ण माना। जिसमे युक्तिदीपिका[६६] का मत है कि साख्य मे कार्य एव कारण अभिन्न होने के कारण दोनो[६७] का परस्पर विभाग नही हो सकता है। जबकि जयमगला का मत है कि उक्त हेतु का उपर्युक्त अर्थ करने पर अर्थ की पुनर्रुक्ति ही सिद्ध होती है।[६८] जिसका समर्थन आठवी करिका से होती है। माठरवृत्ति मे अविभाग पद को नञ् तत्पुरुष मानकर उसका विग्रह न विभागो अविभाग किया

है। जिससे उसे लय अर्थ का बोधक मानकर स्थूल जगत से लेकर महत पर्यन्त समस्त विकारों का अपने–अपने सगठन कारणो मे लय मानते हुए प्रधान मे सृष्टिपरम्परा की विश्राति मानी गयी है। इस प्रकार प्रधान की सत्ता समस्त कार्यों के मूल कारण के रूप मे सिद्ध की गयी है। जयमगला[६९] मे भी अविभाग का लय अर्थ ही माना गया है तथा विविध जगत की उत्पत्ति स्थिति एव लय होने के कारण प्रलय काल मे उसका लय कहाँ होता है। यह प्रश्न उठाकर ईश्वरवादियो मे मत मे निर्गुण ईश्वर मे होने वाले लय का खण्डन करके प्रधान[७०] मे ही लय माना गया है। इस मत का समर्थन युक्तिदीपिका मे भी प्रधान को ही जगत के लय का आधार माना गया है।

कारिकाटीकाकार वाचस्पति मिश्र[७१] असतकरणात हेतु पद की व्याख्या करते हुए अभाव से भाव की उत्पत्ति का खण्डन करते है। आगे वाचस्पति मिश्र कारणभावात का अर्थ स्पष्ट करते है कि कार्य इसलिए भी उत्पत्ति के पूर्व सत् सिद्ध होता है कि वह कारण स्वरूप होता है। कार्य कारण से भिन्न नही होता और कारण तो सत होता ही है। तब उससे अभिन्न कार्य असत कैसे हो सकता है। १०वी कारिका मे व्यक्त को सक्रिय तथा अव्यक्त को अक्रिय माना गया है। परन्तु प्रश्न है कि अव्यक्त अर्थात प्रकृति तो अक्रिय न होकर नित्य परिणाम रूप क्रिया से युक्त रहता है। इस सम्बन्ध मे वाचस्पति मिश्र इसका परिस्पन्दवत अर्थ करते है। वास्तव मे अव्यक्त मे देहत्याग–प्रवेशरूपक्रिया न होने से उसको अक्रिय कहना उचित है।[७२]

आचार्य व्यासदेव[७३] का मत है कि प्रकृति वह है जो कभी नही है और न ही अभावात्मक है। जिसका अस्तित्व है और नही भी है। जिसके अन्दर कोई अभाव नही है। जो अव्यक्त है विशेष लक्षण से रहित है और सबकी मुख्य पृष्ठभूमि है। प्रकृति के भिन्न–भिन्न गुण साम्यावस्था मे भी निष्क्रिय नही रहते बल्कि यह एक प्रकार की प्रसारण की अवस्था है। इन्ही तीनो गुणो के द्वारा समान भौतिक और मानसिक परिर्वतन सभव होते है।[७४] प्रकृति की सूक्ष्मता के कारण ही यह प्रत्यक्षगम्य नही है।[७५] प्रकृति और गुणो के वास्तविक स्वरूप को जानना सभव नही है। क्योकि हमारा ज्ञान दृश्यमान् जगत तक ही सीमित है।[७६] यह आनुभाविक रूप एक अमूर्तभाव है केवल नाममात्र है।[७७] गुणों को आर्चाय भिक्षु यथार्थ सत्ता के प्रकार मानते हैं। यद्यपि आचार्य

वाचस्पति मिश्र और साख्यकारिका की इसी कारण नही मिलती। पाररपरिक प्रभाव अथवा सामीप्य के कारण उनके अन्दर परिवर्तन होते है। परिणामस्वरूप वे विकसित होते है। पररपर मिलते है तथा पुन पृथक होते है फिर भी उनमे से कोई गुण अपनी शक्ति को नही खोता है। भले अन्य गुण सक्रिय क्यो न रहे।[७८] गुणों के विषय मे आचार्य भिक्षु का मत बिल्कुल अलग है क्योंकि ये गुण को सूक्ष्मता तथा व्यक्ति रूप पदार्थों की विविधता के आधार पर सख्या मे अनन्त मानते है। इनके अनुसार ऐसा मानना ठीक नही है कि व्यापक गुण अपने विविध सयोगो के कारण विविध कार्यो को उत्पन्न करते है क्योंकि यह मत छोटे–छोटे भेदो की समुचित व्याख्या नही कर पाते। अत गुणों की अभिव्यक्तिया असंख्य है तथापि कुछ सामान्य लक्षणो तथा लघुता आदि के आधार पर इनका तीन प्रकार का वर्गीकरण किया जाता है।[७९] साख्यकारिका के अनुसार[८०] तीनो गुण कभी भी अलग–अलग नही रहते। वे एक दूसरे को पुष्ट करते है और एक दूसरे से मिले–जुले रहते है। वे परस्पर वैसे ही घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध है जैसे बत्ती तेल और दीपकलौ पररपर मिले हुए है। ये तीनो गुण प्रकृति के सारभूत तत्त्व है सम्पूर्ण जगत और इनके भेद इन्ही गुणो पर आधारित है। वास्तव मे गुणो की ऐसी कल्पना का आदिस्रोत मनोवैज्ञानिक है क्योकि इनके अन्दर जिस आधार पर भेद किया गया है वे भावना के भिन्न–भिन्न प्रकारो पर आधारित है। प्रारम्भिक काल मे साख्यकारिका द्वारा गुण के माध्यम से प्रकृति के विभिन्न पक्षो अर्थात अवयवो को व्यक्त किया गया है।

साख्य दर्शन मे जगत के कारण के रूप मे जिस द्रव्य का उल्लेख किया गया है और जगत की समस्त वस्तुए जिसके भिन्न–भिन्न विन्यास हैं। भौतिकवादी विचार होने का भ्रम पैदा करता है। साख्य का भौतिकवाद और प्रकृतिवाद दोनो ही विश्व के एक युक्तियुक्त भाव को प्राप्त करना चाहते है और दोनो एक ऐसे परम यर्थाथ तत्त्व पर बल देते है जो नित्य अविनश्वर तथा सर्वव्यापी है। लेकिन साख्य की प्रकृति एक विशुद्ध भौतिक द्रव्य नही है जेसा कि भौतिकवाद मानता है। साख्य विचारक दो तत्त्वो प्रकृति और पुरुष की निरपेक्ष सत्ता रवीकार करते है। यहॉ प्रकृति मात्र भौतिक जगत के पचमहाभूतो को ही उत्पन्न नही करती अपितु मानसिक तत्त्वों को भी उत्पन्न करती है। इस प्रकार आत्मतत्त्व का मानसिक तत्त्व से भिन्नता रपष्ट है। अत प्रकृति सभी प्रमेय विषयक जीवन का आधार है। प्रकृति परिणमनशील जगत का

आधार है। जो कि जगत के तनाव का प्रतीक है। बिना चेतनता और बिना पूर्वनिर्धारित योजना के निरन्तर क्रियाशील रहती है। प्रकृति ऐसे लक्ष्य के प्रति गतिमान है जिसे वह जानती नही। साख्य इस विचार पर विज्ञान के द्वारा नही अपितु अध्यात्म के द्वारा प्राप्त करता है।[८१]

प्रकृति अनुभव की दृष्टि से एक आकषर्ण है। यदि बाह्य यथार्थ अनुभव द्वारा सिद्ध है तो प्रकृति विशुद्ध प्रमेय विषय का ऐसा आकषर्ण है जो बुद्धिगम्य नही है। जब प्रकृति को अव्यक्त कहा जाता है तो इसका अर्थ है कि यह वस्तुओं का रूप रहित अधिष्ठान है। शारीरिक तथा मानसिक सृष्टि का प्रत्येक भाग उस तनाव का प्रतीक है जो एक गुण और उसके विरोधी के बीच निहित है और जो क्रियाशीलता का कारण है।[८२] प्रकृति गुणो की पृष्ठभूमि में नही रहती अपितु यह गुणो की त्रिमूर्ति है। तीनो गुण प्रकृत के रूप है धर्म नही। वास्तव मे यह एक ऐसा भावात्मक आर्कषण है जिसके अन्दर समस्त पदार्थों को उत्पन्न करने की क्षमता निहित है।[८३] यदि प्रकृति को एक यात्रिक व्यवस्था मान लिया जाये तो सकल्प–स्वातत्र्य एक भुलावा मात्र होगा। इस दशा मे नैतिक मान्यता निरर्थक हो जाएगी। लेकिन साख्य जिसे अध्यात्मवाद और एकमात्र पुरुषार्थ मोक्ष को प्रश्रय देता है। उससे स्पष्ट है कि न तो प्रकृति की दशा एक यात्रिकता मात्र है और नही पुरुष एक पत्थर मात्र है। साख्य इस बात पर बल देता है कि वह ज्ञान जो हमारा रक्षक है प्रकृति की देन है।[८४]

सत्कार्यवाद[८५] के आधार पर साख्य प्रकृति परिणामवादी भी है। जिसमे पाच प्रकार के तर्क दिये गये है –

(१) असदकारणात् – कारण व्यापार के पूर्व कारण मे कार्य के असत् होने पर उसको उत्पन्न नही किया जा सकता ।

(२) उपादानग्रहणात् – प्रत्येक वस्तुए कार्य अपने अनुरूप कारण को ग्रहण करता है ।

(३) सर्वसभवाभावात् – सभी प्रकार के कारणो से सभी प्रकार के कार्यों की उत्पत्ति नही अर्थात निश्चित कारण से ही निश्चित कार्य की अभिव्यक्ति ।

(४) शक्तस्य शक्यकरणात – जिसमे उत्पादन की सामर्थ्य है, वह शक्त[८६] है तथा जो उत्पन्न होने योग्य है वह शक्य है अर्थात् कार्य कारंण मे शक्य–शक्त सबध है।

(५) कारणभावाच्च – कारण के अनुरूप ही कार्य का भाव होता है।[८७]

तृतीय और चतुर्थ हेतु एक प्रकार से द्वितीय हेतु का ही पूरक है जबकि पाचवा हेतु प्रथम और द्वितीय हेतु की भाति स्वतव और महत्वपूर्ण हेतु है। साख्य के सत्कार्यवाद के अनुसार जगतरूप कार्य से उसके कारण के प्रधान अर्थात त्रिगुणात्मक होने का अवश्यमेव अनुमान होता है क्योंकि जगत वरतुत शब्द स्पर्श रूप रस ओर गन्ध के स्वरूप का ही है और ये शब्द रपर्श इत्यादि सर्वदा सुख–दुख–मोह को उत्पन्न करने के कारण सत्वरजस्तमोरूप त्रिगुणात्मक ही होते है अर्थात कारण और कार्य मे अभेद होने से जिस प्रकार का कार्य है उसी प्रकार का कारण भी होगा ऐसा अनुमान होगा। लेकिन यदि कारण और कार्य दो भिन्न वस्तु नही है तो उनमे से एक ही यर्थाथ हो सकता है दोनो कारण और कार्य अर्थात धर्मी और धर्म एक ही है और दोनो यर्थाथ अर्थात् सत हो यह नही हो सकता है। जैसे कि घट से घट की उत्पत्ति नही होती। अपितु मिट्टी से घट की उत्पत्ति होती है। साख्य मत मे परिणाम वास्तविक और सत्य होता है। लेकिन ऐसा मानने पर सत कारण मे परिवर्तन वास्तविक मानना होगा तब सत सत्ता विचार से प्रभावित होगी। ऐसा होने पर प्रकृति और निरपेक्ष सत्ता कैसे हो सकती है। अत परिणाम को तात्रिक नही माना जाता है। इस प्रकार सत से सत की उत्पत्ति की धारणा भी उचित नही प्रतीत होता है।

साख्य दर्शन के मत से मिटटी आदि उपादान करण ही घट इत्यादि कार्य के रूप मे परिणत हो जाता है अर्थात् कारण ही उत्पन्न होता है। इस प्रकार प्रधान ही महदादि कार्य रूप से उत्पन्न होता है। साख्य मत मे प्रधान नित्य है लेकिन यह कहना कि प्रधान उत्पन्न होता है का अर्थ है नित्य प्रधान से महदादि कार्य वैसे ही व्यक्त होते है जैसे मिटटी के पिण्ड से घडा व्यक्त होता है। परन्तु यहाँ 'नित्य प्रधान रफुटनशील है कहना ही वदतोव्याघात है।[८८] अत सत् का वास्तविक जन्म नही माना जा सकता है। वेदान्तीय मतानुसार[८९] जाग्रत काल के भी पदार्थों की प्रयोजनवत्ता स्वप्न काल मे असिद्ध हो जाती है। जाग्रत काल मे खूब खा–पीकर तृप्त हुआ व्यक्ति सोते ही स्वप्न मे अपने को भूख–प्यास से ठीक उसी प्रकार पीडित एव दिन–रात भर का भूखा–प्यासा दिखता है। जैसे कि रवप्न मे जब खा–पीकर उठा हुआ व्यक्ति अपने को

भूखा प्यासा पाता है। अत स्पष्ट है कि स्वप्निक पदार्थों की भाति जाग्रतकालीन अर्थात् व्यावहारिक पदार्थों के भी मिथ्या अर्थात असत होने मे कोई शका नही है। लेकिन साख्यसूत्रधार[६०] जगत की सत्यता का प्रतिपाद न करते हुए उसका यह हेतु दिया है कि जगत की उत्पत्ति ता प्रकृति से हुई है जो अदूषित कारण है दूषित करण नही। जिससे उसका वह कार्य दूषित मिथ्या या असत् हो जाता है। इसके विपरीत स्वप्न काल के पदार्थ निद्रादि दोष से दूषित अन्त करण कार्य है। अत वे मिथ्या है। इस प्रकार स्वप्निक सृष्टि के मिथ्यात्व के बल पर व्यावहारिक सृष्टि का मिथ्यात्व कथमपि प्रतिपादित नही किया जा सकता क्योकि दोनो मे महत्वपूर्ण वैषम्य है। अत साख्य मत मे उत्पत्ति से पूर्व कार्य की सत्ता का अर्थ है कि वह सूक्ष्म रूप से ही कारण मे रहता है। स्थूल अथवा वक्ता रूप से सिद्ध नही रहता जिससे उसे व्यवहार या उपयोग मे लाया जा सके। साख्य द्वारा सत् शब्द का प्रयोग भी उस अर्थ मे तो नही ही है जिसमे वह उत्पन्न या स्थूल घट के लिए उसका प्रयोग करता है। स्पष्ट है कि साख्य अनुत्पन्न घट के लिए सत् का प्रयोग इस अर्थ मे करता है कि मिटटी और घट में शक्त और शक्य का सबध हे अर्थात मिटटी मे घर को उत्पन्न करने की क्षमता है। साथ ही परिणाम का अर्थ अभिव्यक्ति से ही है तथा वास्तविक सत्ता का सबध व्यावहारिक सार्थकता से है पारमार्थिक रूप से नही।

(II) पुरुष

साख्य दर्शन का दूसरा मूल तत्त्व किन्तु सृष्टिकम मे पच्चीसवा तत्त्व पुरुष है।[६१] जो प्रकृति के समान ही निरपेक्ष माना गया है। पुरुष न कारण है न कार्य है और न ही उसका कोई परिणाम होता है। वह न प्रकृति है न विकृति। पुरुष निष्क्रिय किन्तु चेतन सत्ता है इसलिए द्रष्टा है। वह विषय नही है बल्कि विषयभूत प्रकृति और उसके कार्य उसके सम्मुख दर्शित होते है। जो उसे दिखाने मात्र के लिए होते है। अत पुरुष साक्षी है। चूँकि पुरुष स्वरूपत सत्त्व रजस और तमस तीनों गुणो से रहित है। अत उसका कैवल्य स्वत सिद्ध है। पुरुष उदासीन है क्योकि वह सुख दु ख आदि मे लिप्त नही होता है। चूँकि पुरुष महत आदि की तरह अन्य वस्तुओ से सम्मिलित होकर क्रिया नही करता है। अत पुरुष विविक्त और अपरिणामी होने के कारण अकर्ता है।[६२] वास्तविक कतृत्व बुद्धि मे ही रहता है। स्वय साख्य के मत मे प्रकृति लिग नही है।

बुद्धि प्रकृति का लिग है न कि पुरुष का। अत अहकार आदि का अपने–अपने कारणो का अनुमान करा सकते है पुरुष का नही। साख्य दर्शन के मत मे पुरुष अनेक है। प्रत्येक पुरुष का जन्म–मरण और इन्द्रियाँ अलग–अलग होती है। प्रत्येक पुरुष की प्रवृत्तियाँ भी भिन्न–भिन्न होती है। क्योकि एक काम में सबकी प्रवृति एक साथ नही होती। इस प्रकार विभिन्न पुरुषो मे तीन गुणो का विपर्यय पाया जाता है।[९३] किंतु बधन मोक्ष और ससार पुरुष मे आरोपित किये जाते है। वे पुरुष मे दिखते है पर वास्तव मे वहाँ होते नही क्योकि साख्यसिद्धात मे बधन मोक्ष और पुनर्जन्म पुरुष का नही माना गया है। लेकिन चैतन्य स्वरूप पुरुष से सयुक्त हुई जड बुद्धि चेतनवती प्रतीत होती है। उसी प्रकार कर्तृत्व त्रिगुणात्मक जड पदार्थो का एक धर्म है। पुरुष मे प्रतिसक्रमित होने से कर्ता की तरह अवभाषित होता है।[९४]

साख्य दर्शन के अनुसार अतीन्द्रिय पदार्थो जैसे प्रकृति अथवा पुरुष का अनुमान सामान्यतोऽदृष्ट से होता है।[९५] अनिरुद्ध के समान आ० विज्ञानभिक्षु की पुरुष के अस्तित्व के विषय मे सभी दार्शनिको के एक मत होने के कारण उसके अस्तित्व को सिद्ध करने वाले प्रमाणो की अधिक आवश्यकता नही समझते।[९६] तथापि अपने भाग्य मे आ० विज्ञानभिक्षु पुरुष अस्तित्व प्रमाण मे भर्तृहरि सम्मति स्वानिभूति[९७] का भी सन्निवेश करते है। उन्होने पाश्चात्य दार्शनिक डेकार्ट की पद्धति[९८] की ही भाति इस अनुभूति प्रमाण को जानेऽहमिति धीवलात [९९] कहकर अपनी सहमति व्यक्त की है।

आर्चाय विज्ञानभिक्षु के अनुसार जब तक पुरुष जीवरूप से रहता है तब तक पुरुष मे भोक्तृत्व रूप रहता है। आ० वाचस्पति मिश्र भी इसे स्वीकार करते है।[१००] यद्यपि दोनो आचार्यों मे भोग का स्वरूप भिन्न–भिन्न है। मिश्र मानते है कि बुद्धिस्थ पुरुष प्रतिबिम्ब मे सारा भोग होता है किन्तु भिक्षु के मत मे इस प्रकार का भोग प्रतिबिम्बगत होने से तुच्छ होगा। अत पुरुषस्थ–बुद्धि–प्रतिबिम्ब है। भोग चाहे प्रतिबिम्ब रूप ही क्यो न हो पुरुष का भोगादित्व तो निश्चित रहता है। भोग को क्रिया मान लेने के ही कारण अनिरुद्ध पुरुष मे भोगातित्व नही मानते है। लेकिन उनका यह मत उचित नही है। इसी प्रकार प्रकृति को भोक्तृ कहने वाले अनिरुद्ध की भर्त्सना करते हुए अचार्य भिक्षु ने दृष्टत्वस्वरूप भोग का व्यपदेश पुरुष मे माना है जिसका

समर्थन उपनिषद् आदि श्रुतियो से भी होता है। आचार्य माठर द्वारा पुरुष के मोक्ष कालिक स्वरूप मे आनन्द की मान्यता का भी आचार्य भिक्षु विरोध करते है। पुरुष मे इच्छा आदि गुण कभी नही माने जा सकते है। इच्छा आदि धर्म तो अन्वय–व्यातिरेक से मन के ही धर्म माने जा सकते है। पुरुष को निगुर्ण कहने मे गुण शब्द का अर्थ आचार्य रामानुज आदि की भाति अच्छा गुण नही लेना चाहिए। यहाँ पर गुण का अर्थ कोई भी विशेष गुण है। किसी भी विशेष के न होने से ही पुरुष निगुर्ण है।[१०१]

आत्मा के अर्थ मे पुरुष शब्द पुराण एव महाभारत में प्राय मिलता है। जिसकी उत्पत्ति पुरूशेते से माना गया है। साख्य मे आत्मा पुरुष के रूप मे ही व्यवहृत है। साख्य सूत्र मे पुरुष के अनुमान के लिए उसके प्रकाश स्वरूप को एक आधार माना गया है।[१०२] क्योकि अधकार स्वरूप अचेतन वर्ग मे प्रकाश की अशक्तता है। साख्यशास्त्रियो के बीच विषयो के ज्ञान ओर भोग के स्वरूप को लेकर भी मत वैभिन्न है। आचार्य आसुरि[१०३] और आचार्य विन्ध्यवासी के मतो मे भोग के स्वरूप को लेकर अन्तर है। आचार्य आसुरि के मत मे पुरुष मे प्रतिबिम्बित बुद्धि ही पुरुष का भोग है अर्थात बुद्धि के सब धर्म उसी मे होते रहते है। पुरुष का भोग इतना ही है कि बुद्धि अपने धर्मो को लेकर उसमे प्रतिबिम्बित हो रही है। जबकि आचार्य विन्ध्यवासी के अनुसार अविकृतात्मा अर्थात असग रहता हुआ ही पुरुष स–सानिध्य से अचेतन मन अथवा बुद्धि को स्वनिर्भास अर्थात् चेतन–सदृश्य कर देता है। जिस प्रकार लाल कमल अपने सम्पर्क से स्फटिक को लाल कर देता है। इस प्रकार सानिध्य के कारण चेतन पुरुष बुद्धि मे प्रतिफलित हो जाता है। यही उसका भोग है। स्पष्ट है कि जहाँ आचार्य आसुरि असग पुरुष मे आहार्य भोग मानते है। वही विन्ध्यवासी[१०४] पुरुष मे आधर भोग भी सभव नही मानते। इनके मत मे बुद्धि मे पुरुष के प्रतिबिम्बित हुए बिना भोगादि के सम्भव न होने से पुरुष मे आहार भोग का केवल उपचार होता है। अन्यथा भोग तो मुख्यत बुद्धि मे ही होता है। यहा आचार्य आसुरि का मत है साख्यकारिका की मान्यता के अनुरूप है।[१०५]

इसी प्रकार भोग के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए अनिरुद्ध[१०६] का मत है कि भोग बुद्धि मे ही होता है। पुरुष को तो केवल उसका अभिमान होता है। लेकिन आचार्य भिक्षु[१०७] इसका खडन

करते हुए कहते हैं कि यह मत कि बुद्धि में चेतन पुरुष की प्रतिबिम्ब पडने के कारण बुद्धि ही सब अर्थों का ज्ञाता है ज्ञान और इच्छा के समानाधिकरण्य का जीवन मे अनेकश अनुभव होने के कारण ज्ञान की चेतना पुरुष मे तथा प्रवृत्ति को बुद्धि मे मानना उचित नही प्रतीत होता है।अत सब पदार्थों का ज्ञान भी बुद्धि को ही होता ऐसा मानना भी ठीक नही है क्योंकि बुद्धि को ही ज्ञाता मानने पर सूत्र के विचारों से विरोध उत्पन्न हो जाता है क्योकि उसमे चेतन आत्मा के भोग की ही बात मानी गयी है। बुद्धि के भोग की नही दूसरे यदि आचार्य अनिरुद्ध के मत को मान ले तो पुरुष की सिद्धि मे कोई प्रमाण नही मिलेगा। क्योंकि उनके मत में पुरुष के अनुमान मे लिग बनने वाले भोग को तो बुद्धि मे ही मान लिया गया है। इस प्रकार आचार्य भिक्षु भोग को ही पुरुष मे ही रवीकार करते है। भले ही वह स्वत न होकर बुद्धि द्वारा उसमे सम्पादित होता हैं।

प्रमाण के स्वरूप के सबध में आचार्य अनिरुद्ध के अनुसार किसी भी प्रमेय अर्थात पदार्थ की प्रमा अर्थात उसका ज्ञान मुख्यत बुद्धि को ही होता है और पुरुष को तो उसका केवल अभिज्ञान होता है। जबकि आचार्य भिक्षु[१०८] के मत में बाह्य ज्ञानेन्द्रियो एव मन और अहकार नामक अन्त करणो के द्वारा सम्पादित एव परम्परया बुद्धि को समर्पित वह ज्ञान बुद्धि के द्वारा पुरुष को समर्पित किये जाने उस तक आहार्य होने के कारण पुरुष गति ही होता है। चूँकि आचार्य भिक्षु विषय की प्रमा की आहार्य रूप से पुरुषनिष्ठ होना मागते है। अत उनकी दृष्टि में इसे सपादित करने वाले बुद्धि वृत्ति (बुद्धि–व्यापार) ही एक मात्र प्रमाण है। आचार्य वासुदेव[१०९] का मत है कि प्रमाण चित्त या बुद्धि की वृत्ति का नाम एव तज्जन्य पुरुषनिष्ठ बोध (ज्ञान) उसका फल है। प्रत्यक्ष प्रमाण के सबध मे इन्द्रियो प्रणालिका अर्थात द्वार कहा गया है। जिससे रपष्ट है कि प्रत्यक्ष प्रमाण इन्द्रिय अथवा इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष नही अपितु इन दानो के योग से उत्पन्न हुई बुद्धि अर्थात चित–वृत्ति ही है। इसी प्रकार अनुमान एव शब्द प्रमाण भी चित–वृत्ति रूप ही है। लेकिन इन तीनो मे अन्तर यह है कि प्रत्यक्ष की चित–वृत्ति इन्द्रियार्थ–सान्निकर्षोत्पन्न एव विशेषावाधारण प्रधान होती है। अनुमान की चित्–वृत्ति व्यापित आदि के ज्ञान से उत्पन्न और सामान्यावाधारण प्रधान होती है तथा शब्द प्रमाण की चित–वृत्ति वाक्यार्थ ज्ञान से उत्पन्न होती हे।

परन्तु प्रमाण एव प्रमा के एक बिध्य के विषय मे वाचस्पाति मिश्र[११०] के साथ एक मत होने पर भी बुद्धि वृत्ति और पुरुष मे पररपर होने वाले सबध के विषय मे विज्ञान भिक्षु का उनसे मतभेद है। वाचरपति मिश्र अन्त करण या बुद्धि की वृत्ति में पुरुष का प्रतिबिम्ब मानते है। अनिरूद्ध[१११] पुरुष को ही बुद्धि या अन्त करण मैं प्रतिबिम्बित मानते है। लेकिन विज्ञानभिक्षु का उक्त दानो से मतभेद है। वस्तुत विज्ञानभिक्षु[११२] का मत है कि अर्थाकार रूप परिणति बुद्धि का पुरुष में प्रतिबिम्बित उतना ही जरूरी है जितना पुरुष का तादृश्य बुद्धि में। इस प्रकार यहा प्रतिबिम्बित उभयपक्षी घटना है एक पक्षी नही। विज्ञानभिक्षु यह पारारपरिक प्रतिबिम्बन प्रक्रिया एक विशेष प्रकार का सयोग है। जिससे चित पुरुष बुद्धि या अन्त करण मे बिना सशक्त हुए प्रतिबिम्बित होता है। जिस प्रकार लोहे के साथ अग्नि का सयोग विशेष ही लोहे का उज्जवलन होता है अग्नि का प्रकाश आदि उसमे सक्रान्त नही होता उसी प्रकार पुरुष का भी बुद्धि के साथ सयोग विशेष है। बुद्धि मे प्रतिबिम्बन है लेकिन यहॉ पर बुद्धि का ही सत्वोद्रेख रूप परिणाम होता है पुरुष का नही। द्विविध प्रमा और द्विविध प्रमाण के सबध मे आचार्य भिक्षु[११३] का मत है कि यदि पुरुष निष्ठ प्रमा को प्रमाण का फल या कार्य मानते है तो बुद्धि वृत्ति को प्रमाण मानना होगा यदि बुद्धि वृत्ति को ही प्रमाण का फल माना जाय तो इन्द्रियार्थ–सननिष्कर्ष को प्रमाण मानना होगा तथा पुरुषगत बौध एव बुद्धि वृत्ति दोनो को ही प्रमाण माने तो बुद्धि वृत्ति इन्द्रियार्थ–सननिष्कर्ष दोनो को ही क्रमश प्रमाण मानना पडेगा। चक्षुरादि इन्द्रियो के विषय मे प्रमाण का व्यवहार केवल परम्परा से ही समझना चाहिए।

साख्य दर्शन के पुरुष बहुत्त अवधारणा के सबध के कुछ लोगो का मत है कि यह एक परवर्ती विचार है कितु पुराणोतिहास मे भी साख्य का पुरुष बहुत्व रपष्ट रूप से परिलक्षित होता है जैसे कि वायुपुराण मे शरीर की अनेकता के आधार पर पुरुषनानात्व को भी स्वीकार किया गया है तो दूसरी और गीता मे भी पुरुष–बहुत्त्व सबधी मत यत्र–तत्र मिलते है। पुराण एव महाभारत के पुरुष बहुत्व सबधी विचार को देखते हुए कुछ लोगों द्वारा साख्य मे पुरुषैकतत्व को सिद्ध करने का प्रयास उचित नही लगता है। साख्य सूत्र[११४] मे भी पुरुषैकत्व सबधी जो मत मिलते है उसे देखते हुए गार्वे आदि ने अर्वाचीन कृति माना है। विज्ञानभिक्षु तथा भावगणेश आदि द्वारा साख्य मे पुरुषैकत्व सिद्ध करने का जो प्रयास किया गया है उसे देखते हुए परवर्ती विद्वानो

ने तत्त्वसमास तथा साख्य सूत्र दोनों को एक कालिक माना है। जबकि भावगणेश ने आचा
भिक्षु का अनुसरण करते हुए तत्त्वसमास की टीका की है। अत तत्त्वरामास को साख्य रूत्र व
समकालीन नही मानना चहिए। तत्त्वसमास मे केवल पुरुष[११५] पद है जिससे भावगणेश व
पुरुषैकत्व अर्थ की प्राप्ति हुई जबकि वायु–पुराण ब्रह्माण्ड पुराण तथा महाभारत से[११६] पुरु
नानात्व ही सिद्ध होता है। वास्तव मे तत्त्वसमास के पुरुष पद को केवल चित के अस्तित्व व
द्योतक मानना चाहिए।

पुराणो में प्रतिसचर को त्रिविध माना गया है प्रतिसंचर का अर्थ यहॉ लय से है। त्रिवि
। लय मे एक आत्यान्तिक लय भी है जो कि ज्ञान द्वारा सभव है चूँकि सबको एक सा
आत्यन्तिक लय के साधन ज्ञान की प्राप्ति नही हो सकती। अत एक साथ सबका आत्यन्ति
लय भी नही होगा। इसीलिए पुराणो मे पुरुष बहुत्व सबधी मत को स्वीकृति मिली है।[११७] मो
के लिए वैयक्तिक साधना ही उपादेय है। विविध जीव कार्यविपाक मरण गर्भवास जन्म विभि
जीव कुलो मे स्थिति को सम्यक रूप से जानने पर मोक्षोन्मुखी वृत्ति होती है। माहात्म्य शरी
को बैविध्य भी पुरुष के नानात्व का प्रतिपादन करता है। अत कीथ आदि द्वारा पुरुष बहुत्व व
परवर्ती साख्य की अवधारणा मानना ठीक नही है। साख्यकारिका[११८] मे पुरुष बहुत्वम् सिद्ध
कहता इस बात का प्रमाण है कि आचार्य ईश्वर कृष्ण पुरुष नानात्व की सिद्धि मे विशेष रूप
प्रयत्नशील है। आचार्य ईश्वर कृष्ण ने अपनी अन्तिम कारिका मे पष्ठितत्र शास्त्र कि मत व
प्रतिपादित करने का विचार व्यक्त कर परम्परया साख्य सिद्धान्त में पुरुष–बहुत्व सबधी मान्य
को बल प्रदान किया है। पुराण तथा महाभारत मे उपल्बध पुरूष नानात्व के सन्दर्भ मे सा
कारिका के तर्क को उक्त दिशा मे एक महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप मे माना जाता है। वायु त
ब्रह्माण्ड पुराण मे शरीर एव सुख–दु ख भोग को ही पुरुष बहुत्व का अनुमापक माना गया
जैसे कि कारिका मे जन्म मरण करण सत्वादि विपर्यय एव अयुक्तपत्य प्रवृति को पुरुष बहु
का हेतु बताया गया है।

बद्ध पुरुष के प्रति जन्म प्रच्यवी स्थूल शरीर के जननादि के आधार पर पुरुप नान
सिद्ध किया जाता है क्योंकि शरीर एक सघात है उसकी परार्थता पुरुषनुमान मे अन्यतम

है। कैव्लय आप्तप्रमाण का प्रमेय है अत मुक्त पुरुष के हेतुओ काअन्वेषण एव उनके आधर पर पुरुष नानात्व की सिद्धि असम्भव है। बद्ध एव मुक्ति क भेद को लेकर ही साख्य कारिका क टीकाकारो मे मतभेद है। दशमूलिकार्थ की व्याख्या करते हुए कुछ टीकाकार एकत्व को भी पुरुष के पक्ष मे मानते है।[११९] जबकि युक्तिदीपिका तत्त्वकौमुदी जयमगला तथा माठरवृत्ति मे एक मत से नानात्व को ही पुरुष परक माना गया है। गोडपादभाष्य मे एकत्व को पुरुष के सबध ा मे माना गया है।[१२०] पुरुष उदासीन चित स्वभाव प्रकाश रवरूप निष्क्रिय विभु तथा अनादि हे जबकि इसके विपरीत प्रकृति सक्रिय अचित अधकार स्वरूप सगुणरूप तथा पुरुष की भाति विभु एव आनादि है। यहॉ विद्धानों मे पुरुष के निमिन्तत्व को लेकर विवाद है इसका मुख्य कारण यह है कि साख्य कारिका एव साख्य सूत्र दोनो मे पुरुष के लिए निमिन्त शब्द का प्रयुक्त न होना है। दर्शन मे निमित्त शब्द का प्रयोग मुख्यत कारण करण और प्रयोजन तीन अर्थो मे होता है। साख्य दर्शन मे यह प्रथम दो अर्थो मे क्रमश पुरुष एव धर्मादि भावो का वाचक है। साख्य कारिका और साख्य सूत्र में निमित्त शब्द अन्तिम दो अर्थो करण[१२१] एव प्रयोजन में[१२२] ही प्रयुक्त हुआ है। जबकि प्रकृति को सर्वत्र उपादान के रूप मे रवीकार किया गया है। अत परिशेष्येयात् पुरुष निमित्त रूप कारण ही सिद्ध होता है वास्तव मे साख्यकारिका एव साख्य सूत्र में पुरुष के लिए अलग से निमित्त शब्द का प्रयोग न करके निमित्तत्व को अधिष्ठातित्व में ही निहित मान लिया गया है।[१२३] इन दोनो ग्रथो में पुरुष के अनुमान मे प्रकृति तथा प्राकृतगण को अधिष्ठान कहने के द्वारा पुरुष की अधिष्ठातित्व में निमित्तत्व को गत्वार्थ समझकर उसके लिए अलग से निमित्त शब्द का प्रयोग की आवश्यकता नही समझी गयी।

गौडपाद[१२४] ने पुरुष के अधिष्ठातित्व को सिद्ध करने के लिए षष्ठितन्त्र के उद्धरणो को ग्रहण किया है। इन्होने साख्यकारिका[१२५] के शक्तस्यशक्यकरणात् को पुरुष और उपादानग्रहणात को प्रकृति का व्यजक मानकर पुरुष निमित्तत्व को कारिका मे निहित माना है। वैसे भी पुरुषाधि ाष्ठित होकर ही प्रकृति भोग्य होती है अन्यथा उसकी भोग्यता अनुपपन्य है। अत पुरुष का अधि ाष्ठातित्व के अतिरिक्त अन्य कोई रूप नही माना जा सकता।[१२६] पुरुष अपरिणामी कूटस्थ नित्य के साथ–साथ निमित्त रूप अधिष्ठाता भी है। अत पुरुष को अधिष्ठाता अर्थात निमित्त कारण रूप मानने मे आशकित कर्तत्वापत्ति को अपसारित करने के लिए अयरकान्तमणि के द्वारा समझा

जा सकता है।[१२७] उक्त उदाहरण पुराणेतिहासीय है जो जयीय एव श्रेण्य साख्य के एतत्सबध ी एकमत्य का प्रबल प्रतिपादक है। जिस प्रकार चुम्बक के सानिध्य मात्र से लोह मे गति मे उत्पन्न होती है वैसे ही पुरुष के सन्निधि मात्र से प्रकृतिगुणक्षोभिणी हो जाती है और महदादि विशेषों का विकास होता है। महत के साथ प्रतिबिम्बन के कारण पुरुष का दृष्टव्य कर्तृत्व एव भोक्तृत्व सिद्ध होता है अर्थात् पुरुष का कर्तृत्व आदि बुध्द्युपाधिक है।[१२८] आचार्य भिक्षु पुरुष के भोक्तृत्वादि को सिद्ध करने के लिए अन्योन्य का प्रतिबिम्बन मानते है।

यदि अद्वैतेवदान्त की यह मान्यता कि चैतन्य पुरुष एक ही है। उसमे तत तत शरीर रूप उपधियो के भेद से जन्म मरण एव करण पृथक होता है मान ली जाए तो प्रश्न उठता है कि[१२९]

(अ)– तब एक ही शरीर के हाथ और स्तन की अभिव्यक्ति से भी जन्म मरण आदि की व्यवस्था होनी चाहिए जैसे कि हाथ कटने से मृत्यु ओर स्तन के अभिव्यक्त होने से युवती उत्पन्न हो जानी चहिए।

(ब)– यद्यपि पुरुष के निष्क्रिय होने से प्रकृति उसका धर्म नही है तथा रव स्वामिभाव सम्बन्ध से बुद्धिगत वृत्तियो का पुरुष मे आरोप कर लिया जाता है। अत सभी मनुष्यो की कार्य प्रवृत्ति एक समान न होने रपष्ट है कि प्रत्येक शरीर भिन्न–भिन्न पुरुषो द्वारा अधिष्ठित है प्रवृत्ति के एक साथ न होने से अत पुरुष का नानात्व सिद्ध होता है।

(स)– यही नही समस्त चेतन प्राणियो की प्रकृति अपने–अपने गुण धर्म के अनुसार भिन्न–भिन्न होती है। प्राकृतिक पदार्थो के गुण भेद या वर्ग भेद को मिटाया नही जा सकता। भारतीय समाज मे जातीय विभाजन एव पाश्चात्य की नरलीय विभाजन की व्यवस्था इन्ही गुण वैभिन्य के कारण की गयी है।

(द)– इन पुरुषो में कोई विरला ही कैवल्य की प्राप्ति करता है। प्रकृति मे सभी कार्य त्रिगुण है। किन्तु मै निगुर्ण एव कूटस्थ नित्य हूँ। यही साख्य मे सत्व–पुरुषान्यथाख्याति है अर्थात सत्त्व प्रधान बुद्धि–वृत्ति का उदय होने पर जड चेतनात्मक दोनो तत्त्वों का पृथक्–पृथक

ज्ञान होता है।

इसी प्रकार पुण्यवान स्वर्ग मे आता है पापी नरक मे पुण्यात्मा अच्छे स्थानो मे जन्म लेता है। पापी बुरे स्थानो में। इस अर्थ वाले श्रुति–स्मृति व्यवस्था के विभाग के अन्यथानुपपत्ति रो पुरुष–बहुत्व ही गानना श्रेयष्कर है। जन्म एव मरण का अर्थ उत्पत्ति एव विनाश नही अपितु अपूर्व देहेन्द्रियादि के विशिष्ट सघात से सयोग एव वियोग है।[१३०] इस प्रकार का सयोग–वियोग चूँकि स्फटिक मे लौहित्य नीलत्वादि सयोग–वियोग की भाति केवल प्रतिबिम्बन योग एव भोगरूपी है। अत पुरुष मे इनका निषेध नही है। पुरुष मे केवल परिणाम स्वरूप धर्मों का ही प्रतिवेध है।[१३१] अत पुरुष–बहुत्व मानना उचित है।

लेकिन कारिका[१३२] में पुरुष–बहुत्व सबधी युक्ति ऊपरी दृष्टि से उचित नही लगती क्योंकि वस्तुत कभी भी जन्म मरणादि न प्राप्त करने वाला पुरुष जननमरणकरणानामप्रतिनियमात आदि के आधार पर अनेक कैसे हो सकता है? पृथक–पृथक् जन्म मरण एव करण के आधार पर व्यवहारत पुरुष की अनेकता भले ही सिद्ध हो परन्तु परमार्थत यह कैसे सभव है। आ० वाचस्पति मिश्र के मत मे पुरुष परमार्थत एक ही है किन्तु आ० वाचस्पति मिश्र[१३३] यहाँ साख्य के पुरुष–बहुत्व का खण्डन नही करते है अपितु साख्य के पुरुष–बहुत्व के सिद्धात को सुदृढ आधारों पर प्रतिष्ठित ही करते है। वे साख्य एव शाकर वेदान्त के एतत सबधी मत को स्पष्ट करते हुए मानते हैं कि वेदान्त मे आत्मरूप पुरुष व्यवहारत एक ही है। जबकि परमार्थत वह एक ही है। इसके विपरीत साख्य मे पुरुष के अनेकता पारमार्थिक रूप से भी माना है। यद्यपि आचार्य मिश्र का स्पष्ट मत है कि जन्म–मरण पुरुष के धर्म नही है तथापि जिनके भी ये धर्म हैं। पुरुष के सानिध्य के कारण उनमे सभव होता है। इस प्रकार यदि पृथक्–पृथक शरीरो के सबध से ये घटनाए होती देखी जाती है तो स्पष्ट है कि पृथक–पृथक पुरुषो के सबध के कारण ही उनमे घटनाए पृथक्–पृथक होती है। अत पुरुषो के पार्थक्य अथवा बहुत्व की सिद्धि के लिए जन्म मृत्यु आदि का पृथक्–पृथक शरीरो मे तथा पुरुष के कारण होना ही अपेक्षित है। पुरुष मे होना ही आचार्य भिक्षु का उक्त मत जयमगला[१३४] एव युक्तिदीपिका[१३५] मे भी मिलता है।

साख्य सिद्धात मे पुरुष के मोक्ष की अवधारणा मिलती है। विवेक निमित्तक मोक्ष ही दर्शन का लक्ष्य है। जिसे परम निश्रेयस कहा गया है।[१३६] व्युदासीनतया विवेच्य ससार चक्र के अनन्तर उसके हान स्वरूप मोक्ष का विमर्श सम्प्रति उपक्रान्त है। चतुर्विध पुरुषार्थो में यही नित्य एव निरतिशय है अतएव परमपुरुषार्थ है इसलिए श्रेयोभिलाषी योगिजन्य अन्य तीन का परित्याग कर इसकी प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्न करते है। कर्म एव ससार की भयकरता को देखकर तत्त्वविद्मुमुक्ष होते है।[१३७] वस्तुत बन्धन एव मोक्ष दोनो ही पुरुष के लिए अवास्तविक है। मोक्ष एव बधन दोनों को वैकल्पिक माना गया है। दो पृथक वस्तु को एक तथा एक वस्तु के दो वस्तु के रूप मे मानना विकल्प ही बन्धन–मोक्ष तथा पुरुष अत्यन्त पृथक है। पुरुष को इनसे सम्बद्ध करना ही विकल्प है। ये दोनो बधन एव मोक्ष प्रकृतिगत हैं। पुरुष शुद्ध एव मुक्त स्वभाव है प्रकृति के पार्थक्य को जानकर केवल अथवा स्वरूप मे अवस्थित होना ही पुरुष का मोक्ष ही प्रकृति के सम्पर्क मे पुरुष अचोर चौरइवधृत की भाति है।[१३८]

कैवल्य मे आत्मा सभी विचारो से मुक्त होकर अपने स्वरूप मे स्थित होता है। साख्य मे पुरुष सच्चित स्वरूप है। अत साख्य मोक्ष मे आनन्द को नही मानते है क्योकि उसके अनुसार आनन्द सत्व का धर्म है।। त्रिविध दु ख के आत्यन्तिक उच्छेद के लिए आनन्द से रहित होना आवश्यक है अन्यथा सत्व के अभिभूत होने पर पुन दु खादि का उद्भव होगा। महाभारत[१३९] मे भी मोक्ष को 'अदुखमसुखम् कहा गया है।

आत्मा रूप चैतन्य शरीर नही है न ही चैतन्य पदार्थो से उत्पन्न होने वाली वस्तु है। चूँकि यह चैतन्य उनके अन्दर अलग–अलग विद्यमान नही है। अत यह उन सबमे एक साथ रह भी नही सकती।[१४०] आत्मा इन्द्रियों से भिन्न है क्योंकि इन्द्रियाँ स्वय द्रष्टा न होकर दर्शन के साधन है।[१४१] हमारे समस्त अनुभव आत्मा के द्वारा ही एक इकाई के रूप मे व्यवस्थित होते है। यह प्रकृति और शरीर से भिन्न है।[१४२] यह अपरिवर्तनशील सत्ता है जो कि सभी प्रकार के विचारो और सवेदनाओ को प्रकाशित करती है। क्योकि बिना एक स्थाई चेतन तत्त्व के सुख या दुख रूपी विविध अवस्थाओ का अनुभव सभव नही होगा।[१४३] आत्मा सुषुप्ति की अवस्था मे भी विद्यमान रहता है साथ ही जाग्रत और स्वप्नावस्था मे भी यह वर्तमान रहता है जो भी

परिवर्तन होते और दिखाई देते है। वे बुद्धि के अन्तर्गत आते है। उनका आत्मरूप पुरुष से कोई सबध नही है।[१४४] आचार्य विज्ञानभिक्षु आगे कहते है कि साख्य के पुरुष का न आदि है और न अन्त। अत यह अजन्मा है यह निगुर्ण है सूक्ष्म सर्वव्यापी नित्यद्रव्य इन्द्रियातीत अनुभवातीत देशकाल और कारण–कार्य श्रृखला के परे चिद्रूप है। पुरुष स्थाई अखण्ड और पूर्व सत्ता है। जब पुरुष शारीरिक सीमाओ से मुक्त होता है तो इसे परिवर्तनो का बोध नही रहता। बल्कि तब यह अपने वास्तविक स्वरूप मे स्थित होता हे।[१४५] पुरुष प्रकृति से सबद्ध नही उदासीन निर्लिप्त निष्क्रिय एक मात्र साक्षी रूप दर्शक है।[१४६] यद्यपि पुरुष विक्षुब्ध प्रतीत होता है लेकिन इसका कारण मन है। पुरुष और मन का सबध अस्थाई है। इस सबध का पुरुष पर दीर्घकालिक या स्थाई प्रभाव नही पडता है। क्योकि यह साहचर्य यथार्थ न होने के कारण कोई प्रमाण नही छोडता है। पुरुष जो निष्क्रिय रूप से निर्मित है निर्लिप्त है कर्ता प्रतीत होता है। किन्तु ऐसा त्रैगुण्यक प्रकृति के प्रमाण के कारण अनुभव होता है।[१४७]

साख्य दर्शन मे पुरुष की अनेकता मे विश्वास किया जाता है। इसके अनुसार ससार मे चैतन्ययुक्त प्राणी अनेक है और इनमे से हर कोई विषयीनिष्ठ और विषयनिष्ठ प्रक्रियाओ को अपने स्वतत्र अनुभव द्वारा अपनी ही विधि से समझता है। यहाँ विविध लोगों के दृष्टिकोण मे भेद का आधार प्रकृति के व्यापार नही अपितु चैतन्य स्वरूप द्रष्टा का भिन्न–भिन्न होता है। जिनकी इन्द्रियाँ और कर्म ही नही अपितु वे जन्म और मृत्यु भी अलग–अलग प्राप्त करते हैं।[१४८] साख्य मत में मोक्ष किसी एक निरपेक्ष सत्ता में तादात्म्य बनाना नही बल्कि प्रकृति से अलग हो जाना है। क्योंकि प्रत्येक मनुष्य मे आत्मा का मूल स्वरूप प्रकृति से उत्पन्न पदार्थों की क्रियाओं का मूक दर्शक रहना है। जिनके साथ ये पुरुष अस्थाई रूप से सबद्ध समझ लिये थे। अत आचार्य भिक्षु का मत है कि धर्मशाखाओ अथवा दार्शनिक मतो मे जिस एकेश्वरवाद का सर्मथन किया गया है। वे आत्माओ के तात्रिक गुणो के परस्पर अभेद को प्रतिपादित करते है किसी अखण्डता का नही।[१४९] जीवात्मा इन्द्रियो के सयोग तथा शरीर द्वारा सीमित होने से पुरुष से पृथक रूप मे जाना जाता है। आ० भिक्षु के अनुसार पुरुष अपने आप मे जीव नही हे अपितु जब पुरुष अहकार युक्त होता है तो जीव कहलाता है।[१५०] बुद्धि के अन्दर पुरुष का प्रतिबिम्ब अहभाव के रूप मे प्रतीत होता है जो हमारी सभी मानसिक और शारीरिक अवस्थाओं और

दशाओ को जानती है। अत जब हमे इसका ज्ञान नही हो जाता कि बुद्धि पुरुष नही है अर्थात पुरुष बुद्धि के परे है। हम बुद्धि को पुरुष रूप आत्मा मानते रहते है। इस प्रकार प्रत्येक जीव बुद्धि के आधार पर अपने पूर्व कर्मों के अनुरूप निर्मित एक पृथक सस्थान है।[१५१] क्रियाशीलता और परिवर्तन का सबध बुद्धि से है जो प्रकृति की उत्पत्ति है। फिर भी पुरुष के साथ इसके सयोग के कारण निष्क्रिय और निर्लिप्त पुरुष सक्रिय और कर्ता प्रतीत होता है। जबकि वास्तव मे कर्तव्य का सबध अत करण से है जो चैतन्यपुरुष के प्रतिबिम्ब से कर्तव्य प्राप्त करता हे।[१५२] परिणामस्वरूप जीवात्मा अपने यथार्थस्वरूप को भूल जाता है और भ्रमवश मान लेता है कि वह सोचता अनुभव करता और कर्म करता है। शरीर से राबध होने के कारण पुरुष अपने को जीवन के एक परिमित और विशिष्ट रूप जीव मान लेता है। इस प्रकार जीव अपने मूल से वचित हो जाता है। यद्यपि पुरुष गाति नही करता है तथापि वह जिस शरीर मे स्थित है। एक स्थान से दूसरे स्थान तक गति करता है। इसी प्रकार पुरुष निष्क्रिय है किन्तु उसे सहमति ओर असहमति प्रदान करने वाला माना जाता है यद्यपि ये सभी गतियॉ प्रकृति में ही होती। किन्तु भ्रमवश अकर्ता को कर्ता मान लिया जाता है।[१५३] वास्तविक बधन चित्त का होता है जबकि पुरुष पर इसकी छाया मात्र होती है। जिसका उस पर कोई प्रभाव नही पडता है। अत दु ख—सुख की अनुभूति मात्र प्रतिबिम्ब के रूप मे है जो उपाधि की वृत्ति है।[१५४] जब प्रकृति कार्य करती है तो उसके परिणाम की अनुभूति पुरुष को होता है क्योकि प्रकृति की क्रिया पुरुष के अनुभव के लिए है। वास्तव मे यह अनुभव भी अहभव के कारण आता है जो अविवेक द्वारा उत्पन्न होता है। जब कभी यथार्थज्ञान पुरुष को हो जाता है तब उसे न सुख होता है न दुख तथा न कर्तृत्व भाव आता है ओर न भोक्तृत्व भाव।[१५५]

डा० राधाकृष्णन के अनुसार[१५६] पुरुष का अरितत्व मानसिक अवस्थाओ की सीमा के परे और उससे पृथक् है पुरुष न तो अनुभवगम्य है और न ही लौकिक तत्त्वविज्ञान के विचार के अन्तगर्त आता है। निवेधात्मक पद्धति के आधार पर पुरुष का रवरूप नित्य और अखण्ड हे जा परिणामी नही है अर्थात। विविधता की छाया से भी रहित है और यह सदैव अपने विशुद्ध आत्मस्वरूप मे अवस्थित रहता है। यहॉ साक्षी रूप मे द्रष्टा है। जिस पुरुष के लिए प्रकृति की उपस्थिति है, कभी भी रगमच पर नही आता है यद्यपि समरत अनुभव उसकी और सकेत करता

है। जीव प्रकृति की उपाधि युक्त है अत वह विशुद्ध पुरुष नही है। प्रत्येक आत्मा जो हमारे ज्ञान का विषय बनती है शरीर युक्त आत्मा है। यदि हम समस्त अनुभाविक तथ्यो को माने तो यह जो निर्गुण आत्मा जिसमे से समस्त वस्तुविषय निकाल दिये जाय मात्र एक कल्पित रचना होगी। लेकिन यह भी स्पष्ट है कि पुरुष के आस्तित्व को सिद्ध करने के लिए साख्य जिन तर्कों को प्रस्तुत करती है वे आनुभाविक व्यक्तियो अर्थात जीवात्माओ के अस्तित्व ही सिद्ध करती है।[१५७] जिसके आधार पर साख्य पुरुष बहुत्व को सिद्ध करता है उससे भी यही सिद्ध होता है।[१५८] पुरुष बहुत्व के सबध मे जो सबसे महत्वपूर्ण तर्क दिया जाता है वह यह है कि यदि एक मात्र पुरुष की सत्ता स्वीकार की जाए तो इसके भ्रम का निवारण अर्थात विवेक–ज्ञान होते ही सृष्टि की प्रक्रिया का भी अत हो जायेगा। जबकि ऐसा कहना असगत है। वास्तव मे यह सृष्टि बद्धात्माओ के लिए तब भी विद्यमान रहती है। जबकि कुछ आत्माए मोक्ष प्राप्त कर लेती है। इस प्रकार हम यह मानने के लिए बाद्ध है कि शरीर धारी आत्माएँ अनेक और भिन्न–भिन्न है। प्रत्येक जीवात्मा का अपना–अपना शारीरिक सघटन और अपनी अपनी रुची होती है इसी प्रकार इनके जन्म–मरण और क्रियाए भी अलग–अलग होती है।[१५९] साख्य का पुरुष प्रकृति से सर्वथा भिन्न है। सभी प्रकार के परिवर्तन और लक्षण प्रकृति से ही सबद्ध है। पुरुष के अन्दर भेद प्रतिपादन करने का कोई आधार नही प्रतीत होता है। यद्यपि सभी पुरुषो के अन्दर एक ही समान चैतन्य तथा सर्वव्यापकता के लक्षण है इनके बीच न्यूनातिन्यून भेद भी नही है। क्योकि प्रत्येक पुरुष सभी प्रकार की विविधताओ से मुक्त है अत पुरुषबहुत्व की अवधारणा पूर्णत असगत है। यही कारण है कि गौडपादाचार्य प्रभृति साख्यटीकाकार एक अर्थात अद्वैत पुरुष के मत को स्वीकार करते है।[१६०] क्योकि जन्म, मरण करणदि के आधार पर ही नही अपितु भोक्ता मुमुक्षादि की धारणा से शरीरबद्ध जीव का अनेकत्व ही सिद्ध होता है। साख्य मत मे प्रधानत पुरुष को निष्क्रिय उदासीन नित्य और चेतन माना गया है जिसमे किसी प्रकार की कामना या इच्छा नही है। प्रकृति जिस पुरुष के लिए रगमच पर आती है और लीला करती है वह पुरुष नित्य और स्वतत्र नही हो सकता। वह प्रतिबिम्बित अहभाव रूप जीवात्मा ही होगी। अनेकत्व में सीमितताए मिश्रित रहती है। जबकि परम, नित्य अविनश्वर और निरुपाधित पुरुष एक ही हो सकता है। इसलिए यदि पुरुष की सत्ता प्रकृति के अभिनय अर्थात सृष्टि प्रक्रिया हेतु सरार्ग के लिए

आवश्यक है तो उसके लिए एक ही नित्य–शुद्ध–मुक्त पुरुष पर्याप्त है।[१६१] स्पष्ट है कि साख्य पुरुष की यथार्थ सत्ता स्वीकार करने के लिए बाध्य है क्योकि इसके बिना जगत की व्याख्या सम्भव नही है। लेकिन आश्चार्य है कि समस्त साख्य दर्शन पुरुष और जीव के भेद का उल्लेख नही मिलता। यदि पुरुष एक सर्वथा अपरिवर्तनीय निष्क्रिय और पृथक सत्ता है तो वह कर्ता या भोक्ता नही हो सकता है। क्योकि तब वह अध्यारोपण के आधार पर गलती भी कर सकता हे। अध्यापरोपण का अर्थ है[१६२] किसी जीवात्मा द्वारा एक वस्तु के गुणो का दूसरे वस्तु मे आरोपण करना जीवों का अस्तित्व व्यक्तियो के रूप में है। पुरुष पूर्ण आत्मा का ही नाम है जो देहस्थ आत्मा से भिन्न है। पुरुष मेरा सारतत्त्व है जबकि जीव इसकी विकृति है। अत पुरुष मूलत न प्रकृति है और न विकृति ही। वह निष्क्रिय व असग चेतन सत्ता है।[१६३]

आचार्य विज्ञानभिक्षु के अनुसार सभी आत्माए ईश्वरीय है।[१६४] यद्यपि आत्माओ के अन्त स्थित ऐश्वर्य को रजस तथा तमस गुणो द्वारा अवच्छेद किया जाता है।[१६५] अहकार जो व्यक्तित्व का तत्त्व है का कार्य मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अभियान है। कर्तव्य का सबध इसी के साथ होता है पुरुष अर्थात् आत्मा के साथ नही।[१६६] यह कहना ठीक नही है कि प्रकृति पुरुषो के उद्देश्यो के अनुसार कार्य करती है क्योकि पुरुष अनादिकाल से स्वतत्र है और प्रकृति की प्रक्रियाओ से उत्पन्न सुखादि का भोग करने में असमर्थ है। अत प्रकृति की क्रियाए पुरुष नही जीवो के उपयोग मे निमित्त है क्योंकि जीव ही पूर्ण अन्तर्दृष्टि रखने के कारण अपने लिगशरीर के साथ [illegible] [illegible]पित कर लेता है। जबकि यहॉ भेदपरक विवेक ज्ञान की आवश्यकता है। ऐसे प्राणी जिन्हे प्रकृति जन्म देती है दु ख भोगने के लिए बाध्य है यद्यपि उन्हे अवसर चाहिए कि वे छुटकारा पा सके।[१६७]

साख्यकारिका मे इन्द्रियॉ पुरुष को अनुमान प्रमाण का[१६८] विषय माना गया है जैसा कि पुरुष तत्त्व की सत्ता के अनुमान पाच हेतुओ के आधार पर किया गया है।[१६९] पुरुष की सत्ता के अनुमान में जो प्रमाण दिये गये है, उनके आधार पर प्रकृति से पृथक पुरुष तत्त्व तो अवश्य सिद्ध होता है, परन्तु त्रिगुणात्मक जगत के भोक्ता अधिष्ठाता और बद्ध आदि रूप मे ही अकर्ता अभोक्ता आदि विशुद्ध रूप मे नही। यद्यपि सघात का भोक्ता तथा त्रिगुण–विपरीत कहे जाने से

सघात के त्रिगुणात्मक रूप से भिन्न उसका निगुर्ण चित्त रूप प्रकट होता है तथापि सघातपरार्थत्वात् एव अधिष्ठानत्वात हेतुओ से उसका बहुत्य सिद्ध होता है। इसी प्रकार[१७०] पुरुष की अनेकता सिद्ध करने वाले जो पाच हेतु माने गऐ है उनसे पुरुष की अनेकता सिद्ध होती है परन्तु वह पुरुष जन्म लेने वाला मरने वाला विभिन्न देशकालो मे विविध कार्य करने वाला अर्थात कर्ता तथा त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव हेतु के आधार पर त्रिगुणात्मक स्वभाव वाला सिद्ध होता है उक्त सदर्भ मे वदतोव्याघात दोष उत्पन्न होता है क्योकि स्वय कारिकाकार ने पुरुष को कारण–कार्यभाव से रहित बन्धन मोक्ष से शून्य तथा भोक्तृत्व–कतृर्त्वादि आदि से विहीन माना है।[१७१] अत १७वी और १८वी कारिका के आधार पर पुरुष का व्यावहरिकत्व–जीवत्व ही सिद्ध होता हे। जो आचार्य ईश्वर कृष्ण को कथमपि मान्य नही होगा। अत पुरुष के अनुमान के लिए उक्त हेतुओ को तर्क सगत नही माना जा सकता है। जिस पुरुष की अनेकता सिद्ध करने के लिए जननमरणकरणानामप्रतिनियमात इत्यादि तर्क दिए गये है वह पुरुष निगुर्ण होने से असग उदासीन और अनुकर्ता नित्य होने से जन्म–मरण से विमुक्त होगा। फिर कैसे जन्म मरण और करणादि की भिन्नता के आधार पर पुरुष बहुत्व कैसे सिद्ध होगा ?

साख्यकारिका मे पुरुष की सत्ता अनुमान द्वारा ही मानी गयी है। परतु पुरुष को न प्रकृति न विकृति मानने से[१७२] पुरुष को निगुर्ण तथा अपरिणामी मानने से सस्सरणशील न होने से उसका बधन और मोक्ष न होना[१७३] और तत्त्वज्ञान के आधार पर अकर्ता और अभोक्तृत्व का ज्ञान होना[१७४] इत्यादि कारिकाओं मे पुरुष के निगुर्ण रूप का वर्णन मिलता है। इस प्रकार कार्य कारणोमय रूप से भिन्न पुरुष का जो पारामर्थिक विशुद्ध चिन्त रूप है, उसका अनुमान किसी भी प्रकार से सम्भव प्रतीत नही होता क्योंकि उसमे लिग बनने वाले निजी धर्म गुण क्रिया अवस्था इत्यादि की न तो सत्ता ही है और न प्राप्ति ही होती है। किंतु मूलप्रकृतिरविकृति एव उसके कार्यभूत महद्प्रकृतिविकृत्य सक्त तथा षोडशक्रतु विकार से सर्वाथा विविक्त न प्रकृतिर्नविकृति पुरुष का उस रूप मे ज्ञान ही साख्य दर्शन का अतिम लक्ष्य है मोक्ष–दु खो से मुक्ति – का एकमात्रोपाय पुरुष के द्वारा अपने मूल स्वरूप का अनुभव किया जाना और उसका यह रूप शब्द प्रमाण के द्वारा ही सम्भव होने पर दीर्घ काल तक मनन निधिध्यासनादि साधनो के सतत् अभ्यास से अनुभवगम्य[१७५] होगा अनुमान प्रमाण से नही लेकिन किसी भी टीका

मे शब्द प्रमाण के विषय मे कैवल्य के इस महत्व का उल्लेख नही किया गया हे। तस्माद्विचारिद्धग परोसमाप्तागमात्सिद्धम् [१७६] से रपष्ट है कि कारिकाकार सामान्यतोदृष्ट अनुमान के भी विषय न बनने वाले समस्त अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान शब्द प्रमाण द्वारा मानते है।[१७७] तथापि टीकाकारो द्वारा शब्द प्रमाण के विषय मे कैवल्य उपाधि आत्मरवरूप का उल्लेख किया जाना आश्चर्यजनक है। लेकिन अपवादस्वरूप जयमगलाकार[१७८] ने छठी कारिका के उत्तरार्द्ध की व्याख्या करते हुए रपष्ट शब्दो में कैवल्य को शब्द प्रमाण के प्रमेयो मे समाहित किया है। जयमगलाकार का यह मत उचित प्रतीत होता है जबकि स्वय कारिकाकार ने पुरुष को परमार्थत कारणकार्यभाव[१७९] से परे बधन मोक्ष से परे[१८०] और पारमार्थिक ज्ञान स्वरूप माना है।[१८१] जिससे स्पष्ट है कि पुरुष की सत्ता[१८२] सिद्ध करने के लिए जो तर्क प्रस्तुत किये गये है वे उसके व्यावहारिक या लौकिक रूप को ही विषय बनाते हे न कि उपरोक्त कथित पुरुष के पारामर्थिकस्वरूप को।

वास्तव में अनुमान रवभावत उसी वस्तु अथवा उसके उसी धर्म अथवा स्वभाव आदि को विषय बनाता है लौकिक होने से जिसका कुछ अश प्रत्यक्ष का विषय बनता है। अत जिसका कुछ भी प्रत्यक्ष नही होता है। उसका अनुमान कदापि सभव नही हो सकता। इस प्रकार पुरुष की सत्ता तथा उसके बहुत्व का अनुमान इसके व्यावहारिक अर्थात प्रत्यक्षगम्य धर्मो मे आधार का ही सबध है अन्यथा नही। यहाँ इस बात से इन्कार नही किया जा सकता कि इन अनुमानो द्वारा पुरुष के विषय मे कर्तृत्व भोक्तृत्व जन्म मरण बन्धक मोक्षादि भावो अथवा धर्मो की प्रतीति और दृढ होती है। जब कि पुरुष की वारतविकता तथा पारमर्थिक अनेकता को सिद्ध करने के लिए कारिकाकार ने इनका आश्रय लिया है। लेकिन साख्यकारिका मे यह विसगति स्पष्टत प्रतीत होती है। क्योंकि १७वी और १८वी कारिकाओ के अनुमानो से दृढ होने वाली इस मिथ्या प्रतीति का तीसरी बासठवी और चौसठवी कारिकाओ द्वारा बलपूर्वक रपष्ट रूप से निषेध किया गया है। जैसाकि कारिकाकार ने स्वय कैवल्य के लिए अपेक्षित प्रकृत–पुरुष–विवेक ज्ञान हेतु प्रकृति की अपेक्षा की है। जबकि यह विवेकज्ञान ' बुद्धि का एक विशेष प्रकार का परिणाम है और रवय बुद्धि प्रकृति का परिणाम है।[१८३] इस प्रकार प्रकारान्तर से प्रकृति का ही परिणामभूत विवेकज्ञान से सम्पन पुरुष अपनी लौकिक सत्ता की ओर सकेत करता है।

(III) प्रकृति-पुरुष सबध

साख्य मे पुरुष और प्रकृति के लक्षण रवभावत परस्पर प्रतिकूल है। प्रकृति अचेतन और पुरुष चेतन है। प्रकृति क्रियाशील होने के कारण सदैव सक्रमणशील रहती है। जबकि पुरुष निष्क्रिय होने से अकर्ता है। पुरूष बिना किसी परिवर्तन के निरन्तर रहने वाला है। जबकि प्रकृति सदैव परिवर्त्यमान रहने वाली है। प्रकृति त्रिगुणात्मक है जबकि पुरुष निर्गुण है। प्रकृति प्रमेय अर्थात् विषय है। जबकि पुरुष प्रमाता अर्थात् विषयी है। प्रकृति अन्धी है तथा पुरुष साक्षी है। साख्य मे दोनो तत्त्व भिन्न–भिन्न[१८४] होते हुए भी अनादि सिद्ध रवयभू एव रवतत्र है। त्रिगुणात्मिका प्रकृति ही जगत का मूल है तथा सत्त्व–रजस–तमस तीनो गुण सृष्टि का उपादान कारण है।[१८५] त्रिगुणात्मिका प्रकृति मे क्षोभ चेतन तत्त्व पुरुष के सयोग द्वारा होता है और उसकी सक्रियता निष्क्रिय पुरुष पर आरोपित हो जाती है।[१८६] फलस्वरूप प्रकृति अनेक सजातीय तथा विजातीय तत्त्वों में परिणत हो जाती है। इस प्रकार पुरुष से प्रकृति का सयोग निमित्त कारण है। ये क्रमश सुखात्मक दुखात्मक तथा मोहात्मक होते हैं तथा प्रकाश प्रवृत्ति ओर नियमन करते है।[१८७] ये सब पृथक्–पृथक रूप में रहते हैं तो वह साम्यावस्था होती है और जब इन तीनों मे परस्पर सयोग होती है तो वह वैषम्यावस्था होती है। यह दूसरी अवस्था ही सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माण करने मे समर्थ होती है। साम्यावस्था मूलप्रकृति या प्रधान या अव्यक्त आदि कहलाती है। जबकि वैषम्यावस्था को क्षुब्धावस्था अर्थात सृष्टि की अवस्था कहते है। इस अवस्था मे स्वभाववश ये गुण कभी अपने मे ही एक दूसरे को दबाने की चेष्टा करते है और कभी किसी कार्य की उत्पात्त क ालए एक दूसरे का आश्रय ग्रहण करते है।[१८८]

साख्य सिद्धात में कारण वह सत्ता है जिसमे कार्य गुप्त रूप से विद्यमान रहता है। सत्कार्यवाद का यह सिद्धात इस बात पर बल देता है कि कारण तथा कार्य एक ही पदार्थ की अविकसित तथा विकसित अवस्थाए है अर्थात् समस्त उत्पत्ति का विकास और समस्त विकास का विलय कारण मे माना जाता है।[१८९] साख्य अत्यन्ताभाव में विश्वास नही करता इसके अनुसार भूतकाल और भविष्यकाल की अवस्थाओं का नाश नही होता। साख्य निम्न स्तर से उच्चतम रतर विश्व का अनुवर्तन स्वीकार करता है। पदार्थों के आविर्भाव तथा तिरोभाव की एक निश्चित अवस्था है। इस प्रकार साख्य जगत की प्रयोजनवादी व्याख्या करता है। जगत प्रकृति का परिणाम है और प्रकृति जगत का कारण है। प्रत्येक वस्तु किसी उत्पादक कारण का कार्य है

क्योकि असत से किसी वस्तु की उत्पत्ति नही होती। उत्पन्न पदार्थ पराधीन है। किन्तु प्रकृति स्वाधीन है। उत्पन्न पदार्थ अनेक है देशकालविच्छिन्न है। किन्तु प्रकृति एक है सर्वव्यापी है और नित्य है।[१६०]

लोकमान्य तिलक सृष्टिशास्त्रज्ञ हेकेल के विचार उद्धृत करते है। जिसके अनुसार मन अहकार बुद्धि और आत्मा ये सब शरीर के कर्म हे। जैसा कि हम देखते है कि जब मनुष्य का मस्तिष्क बिगड जाता है तो उसकी स्मरण शक्ति नष्ट हो जाती है और वह पागल हो जाता हे। इस प्रकार सिर पर लगी चोट से मस्तिष्क का कोई अग क्षतिग्रस्त हो जाता है तो भी स्मरणशक्ति दुष्प्रभावित होती है अर्थात मनोधर्म भी जड मस्तिष्क के ही गुण है। अत इन्हे जड वस्तु से कभी अलग नही कर सकते है। यही कारण है कि मस्तिष्क के साथ–साथ मनोधर्म और आत्मा को व्यक्त पदार्थों के वर्ग मे सम्मिलित करते है। इस प्रकार जडवाद मान ले तो एकमात्र अव्यक्त जड प्रकृति ही शेष बचती हे। अत सभी व्यक्त पदार्थों का निर्माण प्रकृति से हुआ हे। परन्तु लोकमान्य तिलक इससे सहमत नही है। उनका मत है कि ऐसा मानने पर निष्कर्ष यह निकलेगा कि मूलप्रकृति की शक्ति धीरे–धीरे बढती गई है और अन्त मे उसी को चैतन्य का स्वरूप प्राप्त हो गया । सत्कार्यवाद के अनुसार प्रकृति के कुछ नियम है जिनके आधार पर जगत और जीव स्थित है। यदि एकमात्र जड की सत्ता मान ले तो न तो आत्मा अविनाशी होगा न स्वतत्र और तब मोक्ष की भी आवश्यकता नही होगी। हेकेल के मत मे सारी सृष्टि का मूल कारण एकमात्र जड और अव्यक्त प्रकृति ही है। अत इसे वे अद्वैत कहते है परन्तु यह जडाद्वैत होगा। जो साख्य को स्वीकार्य नही होगा।[१६१]

भागवद्गीता मे प्रकृति ओर पुरुष को अनादि तत्त्व के रूप मे स्वीकार किया गया है।[१६२] प्रकृति को समस्त कार्यकारण व्यापार और पुरुष को सुखदुखादि सभी उपयोगो का हेतु माना गया है। लेकिन इन दोनो को गीता अनादि मानती है परन्तु साख्य की भाति स्वयभू नही मानती है। क्योकि यहाँ भगवान श्रीकृष्ण प्रकृति को अपनी माया कहते है और पुरुष को अपना ही अश मानते हैं।[१६३] इस प्रकार गीता साख्य पद को स्वीकार करती है परन्तु उन्हें अर्थ अपने अनुसार प्रदान करती है। डॉ० राधाकृष्णन् के मत में साख्य मत आधुनिक भौतिक सिद्धात से कुछ साम्य रखती है। दोनो विश्व के मूलकारण के रूप मे एक आद्य द्रव को मानते हैं और उसकी यथार्थ सत्ता पर बल देते है। इसे वे नित्य, अविनाशी ओर सर्वव्यापी मानते है किन्तु प्रकृति की तुलना

विशुद्ध एव सरल भौतिक द्रव्य मे नही की जा सकती। भोतिकवादी मत के विपरीत साख्यमत मे प्रकृति का विकास एक प्रयोजन को लेकर होता है। प्रकृति न तो मात्र भौतिक द्रव्य सत्ता है और न चेतनतानि विष्ट सत्ता है। प्रकृति से केवल पचमहाभूत ही नही अपितु मानसिक तत्त्वो की भी उत्पत्ति होती है। यह समस्त प्रमेय विषयक जीवन की केन्द्र बिन्दु है। साख्य मत का आध ार विज्ञान नही अध्यात्म है। यथार्थ तत्त्व को उसकी पूर्णता के साथ अपरिवर्तनशील प्रमाता (विषयी) और परिवर्तनशील प्रमेय (विषय) के रूप मे पृथक किया गया है तथा प्रकृति परिणमनशील जगत का आधार है। यह अविभ्रात क्रियाशील जगत के तनाव का प्रतीक है। यह बिना चेतन के बिना किसी पूर्व निर्धारित योजना के बराबर क्रियाशील रहती है। यह ऐसे लक्ष्य के प्रति क्रियाशील है जिसे यह समझती नही है।[१६४]

प्रकृति वह मौलिक द्रव्य है जिसमे से यह जगत् विकसित होता है। साख्य दर्शन किसी सृष्टिकर्ता ईश्वर को नही मानता। पुरुष की सन्निधि मात्र से किसी तरह प्रकृति की साम्यावस्था का भग उससे परिणाम द्वारा जगत की सृष्टि होती है। प्रकृति ओर पुरुष का यह सयोग एक विलक्षण प्रकार का सबध है। जब तक दोनो का सयोग नही होता है तब तक सृष्टि सभव नही है। क्योंकि न तो अकेले पुरुष जो निष्क्रिय है और न ही अकेले प्रकृति जो की जड है द्वारा सृष्टि सभव नही है। साख्यकारिका मे प्रकृति एव पुरुष का सबध अनेक उपमाओ द्वारा बनाया गया है। जिसमे लगडे एव अन्धे का सम्बन्ध यहॉ निष्क्रिय होने से पुरुष लगडा अर्थात् गतिहीन है और प्रकृति जड होने के कारण अन्धी है। दोनों के सयोग से ही सृष्टि–कर्म होता है।[१६५] साख्यकारिका में माना गया है कि जिस प्रकार बछडे के पोषण के लिए ज्ञान–शून्य अचेतन दूध का गाय के स्तनो से प्रभावित होना स्वाभाविक है। उसी प्रकार पुरुष को मोक्ष प्रदान करने के लिए अचेतन प्रकृति की सृष्टि योजना अत्यन्त स्वाभाविक है।[१६६] साख्य मत मे जिस प्रकार अयस्ककान्तमणि चुम्बक–पत्थर स्वय गतिमान हुए बिना ही लोहे मे गति पैदा कर् देती है। उसी प्रकार निष्क्रिय पुरुष प्रकृति के सृष्टि करने की प्रेरणा देता है।

प्रकृति एव पुरुष का सयोग होने से गुणो की साम्यावस्था मे विचार उत्पन्न हो जाता है। जिसे गुण क्षोभ कहते है। सर्वप्रथम रजोगुण जो स्वभावत क्रियात्मक है। परिवर्तनशील होता है

तब उसके कारण और गुणो मे भी स्पन्दन होने लगता है। फलस्वरूप प्रकृति मे तीव्र क्रिया शुरू होता है। जिसमे प्रत्येक गुण दूसरे गुणो से प्रतिद्वन्द्विता करते है। क्रमश तीनो गुणों का पृथक्करण एव सयोजन होता है और न्यूनाधिक अनुपातो मे उनके सयोग से नाना प्रकार के सासारिक विषय उत्पन्न होते है। इस सृष्टि क्रम मे महत अर्थात बुद्धि उत्पन्न होने वाला प्रथम तत्त्व है।[१९७] यह बाह्य जगत की दृष्टि से विराट बीज स्वरूप महत है और आभ्यन्तरिक दृष्टि से बुद्धि जो जीवो मे विद्यमान रहती है। प्रकृति का दूसरा विकार अहकार हे जो कर्तृत्व एव भोक्तृत्व के भाव को उत्पन्न करता है। अहकार प्रकृति के गुणो के आधार पर तीन प्रकार के है जिसमे सात्विक अहकार से एकादश इन्द्रियॉ तथा तामस अहकार से पचतन्मात्राए उत्पन्न होती है। किन्तु राजस अहकार उक्त दोनों अहकारो का सहायक होता है। पचतन्मात्राओं शब्द स्पर्श रूप रस एव गन्ध से प्रत्येक परवर्ती मे पूर्ववर्ती के गुण को सम्मिलित करते हुए पचमहाभूत आकाश वायु अग्नि जल एव पृथ्वी की उत्पत्ति होती है।[१९८] साख्य सिद्धात मे स्थूलशरीर पचभूतो से निर्मित माना गया हे। स्थूलशरीर सूक्ष्मशरीर का आश्रय है। सूक्ष्मशरीर अटठारह तत्त्वों त्रयोदशकरण एव पचतन्मात्राओ से निर्मित है। किन्तु आ० भिक्षु एक तीसरे प्रकार का अधिष्ठानशरीर मानते हैं। जब सूक्ष्मशरीर एक स्थूलशरीर से दूसरे स्थूलशरीर मे गमन करता है तो सूक्ष्मशरीर अधिष्ठानशरीर का आश्रय लेता है।[१९९]

कारिका के सयोग का अर्थ आ० वाचस्पति मिश्र सन्निधान[२००] (समीपता) करते है। जबकि तत्त्ववैशारदी में उन्होंने सयोग का अर्थ योग्यता माना है।[२०१] स्पष्ट है कि पुरुष एव प्रकृति तथा बुद्धि एव पुरुष के बीच एक प्रकार का पूर्वस्थापित सामजस्य पाया जाता है। जिसके कारण वे एक दूसरे पर उपकार करते है। इस प्रकार प्रकृति का सयोग अविद्या हेतुक है। यह सयोग दो परस्पर विपरीत स्वभाव वाले तत्वो को अभ्यूपगत करने के कारण साख्य स्वभाववाद तथा भौतिकवाद दोनो की सीमाओ और दोषो से विरहित है। उसके साथ ही वह अध्यात्मवाद तथा प्रत्ययवाद के दोषो से भी निर्मुक्त है क्योंकि इसमे स्व–स्वामिसबध द्रष्टा–दृश्य भोक्ता–भोग्य अधिष्ठाता–अधिष्ठेय चिदचिद् रूप मे पुरुष एव प्रकृति समानातर व्यवस्थित है।[२०२] दोनो नित्य है पुरुष कूटस्थ नित्य है और प्रकृति परिणाम नित्य[२०३] तत्त्वसमास के अनुसार 'जो वस्तु जो नहीं है उसे वह समझना ही बन्धन है[२०४] दूसरे शब्दो मे बन्धन प्रकृतिगत है उसे पुरुषगत

समझना ही अविवेक है।[२०५]

पुराण एव महाभारत मे प्रकृति के विकास को पुरुषाधिष्ठित देखकर वहाँ विद्वानगण साख्य को स्वीकार नही करते। जबकि साख्यमत मे भी समस्त प्राकृतिक विकार पुरुषधिष्ठित ही होते है। वस्तुत चेतन का स्वछाया सम्पर्कत्व ही यहाँ अधिष्ठातृत्व है। पुरुष का प्रयोजकत्व यहाँ अधिष्ठातृत्व पद से विवादित नही है। वह अधिष्ठाता होते हुए भी उदासीन एव असग है।[२०६] उसकी उदासीनता सदैव अक्षुण्य है। इसलिए इसे उपेक्ष्य भी कहा गया है। उपेक्ष्य एव उदासीन एकार्थक है उपसमीपेस्थित्वा इच्छैते इति उपेक्षा यह अर्थ पुरुष के स्वरूप का द्योतक है। प्रकृति जगत का विकास करती हुई अक्षय है। यह पुरुष अधिष्ठित होकर ही समस्त चराचर जगत का उत्पन्न करती है। समस्त विकार इसी से उत्पन्न होते है और इसी मे लीन हो जाते है। पचमीविभक्ति का प्रयोग साख्य के परिणामात्मक सत्कार्यवाद का सूचक है। प्रकृति से उत्पन्न भाव अयस्ककान्तमणि को आश्च्योतन के सदृश्य है। समस्त अचेतन वर्ग को पुरुष के प्रयोजन को सिद्ध करने वाला माना गया है।[२०७] प० नीलकण्ठ शास्त्री एव डॉ० राधाकृष्णन प्रभृति विद्वान यहाँ प्रकृति को पुरुष से अधिष्ठित होने के कारण परतत्र मान लेते है।[२०८] किन्तु वास्तव मे प्रकृति पुरुष के प्रयोजन का साधन करने तथा उससे अधिष्ठित होने के कारण परतत्र नही है। प्रकृति को सर्व पदार्थ लय स्थान मानकर उसे अलिग कहा गया है और अलिग होने के कारण ही प्रकृति स्वतत्र है। प्रकृति उसी अवस्था मे परतत्र होगी जब वह किसी अन्य कारण से विकसित होकर प्रलय की अवस्था मे स्वकारणलीन होगी। अर्थात जब वह किसी अन्य तत्त्व का लिग हो। साख्य में व्यक्त पदार्थों को ही सावमव एव परतत्र कहा गया है।[२०९] लय को प्राप्त होने वाले तत्त्व को लिग माना जाता है। चूँकि प्रकृति उत्पत्ति और लय का आश्रय स्वय है अत प्रकृति स्वतत्र है।

सत्व मे ही पुण्य–पाप प्रतिष्ठित है। पुरुष द्रष्टा, साक्षी अकर्ता, उदासीन तथा पुण्य–पाप से अलिप्त है। वैकल्पिक भ्रमवश पुरुष प्रकृतिगत कर्मों को अपना समझने लगता है। विकल्प एव विपर्यय दोनो चित्त की अतात्विक वृत्तियॉ है। विपर्यय को भ्रम या अविद्या कहते है। विपर्यय और विकल्प मे मौलिक अतर यह है कि विपर्यय वास्तविकता के बोध के अनन्तर बाधित हो जाता है। कितु विकल्प का बाधा नही होता है यह निरन्तर बना रहता है। अवस्तु वस्तुवत

व्यवहार जैसे शशविषाण बन्ध्यापुत्र अकाशकुसुम विकल्प है। इसी प्रकार प्रकृतिगत पारिणाम को पुरुषगत तथा पुरुषगत चैतन्य को प्रकृतिगत समझना विकल्प है।[२१०] विकार से प्रकृति तथा अधिष्ठान से स्वरूप विकार एव प्रकृति से पुरुष का अनुमान किया जाता है। सामान्यतोदृष्ट अनुमान से इन दोनो तत्त्वो को जानने के कारण ही साख्य के आन्विक्षिकी कहा गया है। सत्कार्यवाद के आधार प्रकृति का तथा प्रकृति एव प्रकृतिगण से वैधर्म्य के आधार पर पुरुष का अनुमान होता है।[२११] इस प्रकार साख्य मे अनुमान प्रमाण की प्रधानता है। श्रुति प्रमाण से भी प्रकृति की सत्ता सिद्ध होती है। श्रुति मत मे भी सृष्टि का मूल कारण प्रधान ही है ब्रह्म नही।[२१२] क्योकि सत्वगुणमुक्त होने पर परिणामी होने के कारण प्रधान मे ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति दोनो हो सकती है जो ब्रह्म मे सभव नही है।[२१३] वेदान्तादि वाक्यो का समवय भी प्रकृति मे ही है। सत्वगुण के निरतिशय उत्कर्ष से सर्वज्ञ है ब्रह्म नही।[२१४] ससार का कोई कार्य एक होकर ज्ञानदि को उत्पन्न नही करता किंतु अनेक प्रमाण प्रेमयादि युक्त होकर कार्य को उत्पन्न करता है। ब्रह्म केवल एक ही है और प्रकृति त्रिगुण है। इसमे प्रकृति ही जगत का वास्तविक कारण होगा ब्रह्म नही। कार्यकारण मे विकार लाए बिना उत्पन्न नही होता यही कारण है कि घट के समान सर्गादि प्रकृति का कार्य है।[२१५] कार्य के नाश से कारण का भी नाश हो जाता है अत अचेतन ही जगत का कारण है ब्रह्मा नही। यदि ब्रह्म को कारण मान ले तो कार्य का नाश होने पर उसका भी नाश हो जायगा। प्रकृति भी निष्क्रिय चेतन पुरुष क सयोग से अपने कार्य मे प्रवृत्त होती है।[२१६]

साख्यप्रवचनभाष्य की भूमिका मे साख्य को निरीश्वरवादी माना गया है और इसे साख्य की दुर्बलता कहा गया है।[२१७] साख्यप्रवचनभाष्य की भूमिका मे साख्य को निरीश्वरवादी माना गया है और इसे साख्य की दुर्बलता कहा गया है। इसीलिए उन्हे साख्य मे ईश्वर की मान्यता के अभाव के कारण ब्रह्म के रूप मे निर्गुण पुरुष सामान्य को मानना पडा। अत साख्यमत मे स्वीकृत चित सामान्य ही योग और वेदान्त मे ईश्वर माना गया है।[२१८] पुरुष चेतन किन्तु निष्क्रिय है और प्रकृति सक्रिय किन्तु जड है दोनो का सयोग भले ही वह पचगन्धवत माना जाये कैसे सभव हो सकता है? साख्ययोग केवल इसी मान्यता के प्रसग मे अप्रमाणिक है।[२१९] प्रकृति एव पुरुष ईश्वर की शक्तियाँ है ईश्वर की इच्छा से ही प्रकृति एव पुरुष दोनो का सयोग होता है।

समुत्पाद नही होता। प्रकृति विभु होने के कारण ही निष्क्रिय मानी गयी है। यद्यपि इसका परिणाम लक्षण एव क्रिया है। जिसके कारण इसे सक्रिय माना जाता है। तथापि सर्वत्र विद्यमान होने के कारण इसमे प्रवेश निस्सरण आदि क्रिया के न होने के कारण इसे कहाँ गया है। आचार्य भिक्षु के मत मे प्रकृति के अक्रियत्व का अविधेय है।[२२९] चूँकि प्रकृति किसी अन्य तत्त्व में लीन नही होती अत यह अलिग है लेकिन दूसरी तरफ यह पुरुष का अनुमापक होने से लिग है।[२३०] [illegible] नही क्योंकि साख्य प्रकृति पुरुष का द्वितत्त्ववादी है। द्वितत्त्वाद मे प्रकृति पुरुष के साधर्म्य एव वैधर्म्य का जो मत मिलता है उसमें इसे सत्व क्षेत्रज्ञ अर्थात क्षेत्र–क्षेत्रज्ञ माना गया है। स्पष्ट है कि प्रकृति पुरुष दोनो नित्य स्वतत्र विभु एव अलिग है। पुरुष कार्यकारण का अग न होने के कारण इसका अनुमान प्रकृति की भाति नही होता अत वह निर्विकार है। पुरुष का अनुमान व्यक्त एव अव्यक्त मे स्वरूप से होता है।[२३१]

पुरुष निगुर्ण असहत, अविषय चेतन एव अपरिणामी होने से व्यक्त–अव्यक्त दोनो से विपरीत है। किंतु अकारण निरवयव तथा विभु होने से यह व्यक्त से विपरीत तथा प्रधान के समान है। पुरुष बहुत्व विवाद का विषय है। आचार्य गौडपाद एकत्व को पुरुषपरक मानते है।[२३२] यद्यपि पुराणेतिहास मे पुरुषैकत्व एव पुरुष नानात्व दोनो के प्रमाण मिलते है हिरण्यगर्भ सिद्धात पुरुषैकत्व का प्रतिपादन करता है। उस सदर्भ मे विद्वान विल्सन का भी मत है कि प्रत्येक पुरुष अपने अनेक जन्मों मे अनेक शरीर धारण करता है तथापि एक ही रहता है।[२३३] किंतु साख्यकारिका में पुरुष बहुत्व की सिद्धि की गयी है।[२३४] जबकि साख्य भूत मे पुरुष नानात्व के साथ पुरुषैकत्व को भी स्वीकार किया गया है। पुरुष को जातिपरक मानकर तथा उपाधियो के द्वारा अद्वैत श्रुति से पुरुष नानात्व को अविरुद्ध माना गया है।[२३५] विवेकज्ञान जगत प्रवाह की नित्यता जन्मादि मुक्तता को पुरुष बहुत्व का प्रतिपादक माना गया है। साख्यकारिका योगसूत्र एव साख्यसूत्र मे भी पुरुष बहुत्व को ससार के प्रवाह की निरतरता के लिए आवश्यक माना गया है। क्योकि सभी पुरुष एक साथ मुक्त नही होते। बद्ध पुरुषों के लिए प्रकृति को नर्तकी माना गया है। साख्यकारिका मे प्रकृति को लज्जालु स्त्री बताया गया है जो पुरुष के द्वारा एक बार देख लिए जाने पर पुन उसकी दृष्टि मे नही आती है।[२३६] पुरुष बहुत्व के सबध मे आचार्य अनिरुद्ध ने अजामेकोम इत्यादि श्वतोश्वर उपनिषद् के कथन को उद्धृत किया है। इस प्रकार

पुरुष एकत्व अथवा नानात्व के सबध मे कोई निश्चित धारणा नही मिलती है। यद्यपि पुरुष क रवरूप अरितत्ववाद के सबध मे विचारगत एकता मिलती है।[२३७]

पुराणेतिहासीय और परवर्ती साख्य दोनों मे व्यक्त एव अव्यक्त की प्रवृत्ति को परार्थ माना गया है। निष्क्रिय होने से पुरुष का अनुमान प्रकृति की भाति नही किया जा सकता। व्यक्ताव्यक्त की परार्थता ही इसकी स्थिति का अनुमापक है। साख्यसूत्र एव साख्यकारिका मे इसकी परार्थता व्यक्त करने के लिए वत्सार्थ स्वाभाविक रूप से प्रसवित होने वाले दुग्ध का उदाहरण दिया गया है। गाय के स्तन से दूध निकलने का कोई बाह्य प्रयोजन नही है। बल्कि वत्स को देखकर ही दूध स्वयमेव ही प्रवाहित होता है। इससे प्रकृति की प्रयोजनवत्ता सिद्ध होती है। पुरुष का भोगावपर्ग प्रकृति का प्रयोजन है।[२३८] पुरुष इसके विकारो का अधिष्ठाता होते हुए भी इसकी प्रवृत्ति का प्रयोजक नही। इसी प्रकार की परार्थ प्रवृत्ति से इसकी रवतत्रता बाधित नही होती अपितु प्रकृति रवय अपने द्विविध परिणामो द्वारा विविध पुरुषार्थों को सिद्ध करता है।[२३९] साख्य सूत्र मे इस परार्थता को रपष्ट करने के लिए सूपकार उष्ट्र और गर्भदास का उदाहरण दिया जिसमे सूपकार सम्पूर्ण पाक अपने रवामी के लिए उष्ट्र कुकुम का वहन दूसरे के लिए और गर्भदास (जन्म से दास) बिना आदेश के ही रवामी के मनोनुकूल ही कार्य करता है। इस प्रकार प्रकृति के कार्य पुरुष के लिए निरन्तर होते रहते है।[२४०] इस सबध में पुराण महाभारत मे नदी वृक्ष के फल वायु का गन्धवहन आदि उदाहरण मिलते है। प्रत्येक व्यक्ति यह मेरा शरीर है का कथन का प्रयोग प्राय करता है। पुरुष के बिना केवल प्रकृति से यह प्रत्यय सभव नही है क्योकि आत्मा के अभाव मे भी इसे मानने पर भी मृत्यु शरीर मे भी अभिमान की प्रशक्ति होगी। यह व्यवहार बाध्य है। क्योकि एक मृत शरीर है। ऐसा कथन त्रिकाल मे असभव है। यह अभिमान भी प्रकृति का धर्म है। पुरुष का कर्तृत्व एव भोक्तत्व आदि अतात्त्विक है।[२४१] आत्मा के चितत्तस्वरूप को चित्त धर्मत्व का वाचक न मान जाये। इसलिये साख्य मूल मे इसके चिद्रूपत्व का सर्मथन और चिद् धर्म होने का निषेध किया गया है।[२४२] कारण यह है कि पुरुष निगुर्ण होने से चिद् धर्मा नही हो सकता है। क्योकि यह सृष्टि विरुद्ध है।[२४३] आत्मा सच्चिद्रूप है। जड का प्रकाशक होने से यह प्रकाश रवरूप है।[२४४] समस्त चराचर जगत प्रकृति से ही विकसित है। प्रकाशाभाव मे यह विकास असभव है। साख्य मे आदि प्रकृति का वही

निदेशक है। निष्क्रिय होने के कारण पुरुष पगु तथा अचेतन होने के कारण प्रकृति अधी बतायी गयी है। यह उपमा लौकिक है। जबकि पारमार्थिक रूप से दोनो असख्य है। इनके अधिष्ठानत्व एव अधिष्ठातृत्व का व्यक्त करने के लिए ऐसे उदाहरण दिए गये है। यद्यपि समस्त विश्व प्रकृति के गर्भ से ही उत्पन्न है। तथापि उसकी अभिव्यक्ति के लिए निमित्तकारण के रूप मे पुरुष की स्थिति स्वीकार की गई है। पुराण–महाभारत मे ब्रह्मादि त्रिदेव इसी रूप में अभ्युपगत है। पकृति की सहायता से ये सृष्टि सर्जन मे समर्थ है। किंतु पुरुष एव ईश्वर मे यहॉ अणुमात्र भी वैलक्षण्ये नही है।[२४५]

सत्कार्यवाद सर्वत्र स्वीकृत है। इसी से सर्वकारण प्रकृति का अनुमान होता है। कार्य के स्वरूप को अधिकृत कर साख्य मे कार्य को परिणाम तथा वेदान्त मे विवर्त बताया गया है। उपादान सम–सत्ताक परिणाम होता है। उपादान विषम–सत्ताक विवर्त होता है।[२४६] अत साख्य के सत्कार्यवाद को परिमाणात्मक माना गया है। पुराण एव महाभारत मे इसी मत को स्वीकार किया गया है।[२४७] कारण से कार्यविभक्ति के लिए निमित्त कारण की स्थिति मानी गई है। पुरुष ही जगत का निमित्त कारण है ।

बुद्धि–अहकार–मन जिन्हे स्वलक्षणवृत्ति अर्थात बुद्धि को अहमवसायात्मिका अहकार को अभिमानात्मक तथा मन को सकल्प–विकल्पात्मक कहा गया है।[२४८] बुद्धि के सात्विक एव तामस द्विविध रूप माने गए है । धर्म ज्ञान वैराग्य एव ऐश्वर्य सात्विक तथा इनके प्रतीक अधर्मादि तामस है।[२४९] इस प्रकार बुद्धि के कुल आठ धर्म है। अत सात रूपो से प्रकति स्वय को बाधती[२५०] तथा एक रूप से मुक्त रहती है। सप्त रूप से धर्म वैराग्य ऐश्वर्य अधर्म अज्ञान अवैराग्य अनैश्वर्य एव एक रूप से ज्ञान विवक्षित है। ज्ञानाच्चात्यन्तिक प्रोक्त यह पुराणेतिहास मे वैकत अहकार से देवता तैजस से इन्द्रियवर्ग भूतादि से तन्मात्रा को विकसित माना गया है तथा तैजस को इनका प्रवर्तक माना गया है। इन्द्रिय अहकार और मन का स्वामी बुद्धि है। यही सभी विषयो का अवगाहन करती है । यह इन्द्रियेश्वर मन द्वारा सकल्पित एव अहकार द्वारा अभिमत विषयो का अध्यवसाय अर्थात् निश्चय करती है।[२५१] इस प्रकार बुद्धि ही इन्द्रिय निकाय के माध्यम से पुरुष के भोग को साधती है तथा प्रकृति–पुरुष के सूक्ष्म-अन्तर को प्रकाशित करती है।[२५२] इसी

कारण पुराणेतिहास मे इसे सर्वेन्द्रिय स्वरूप कहा गया है। इस प्रकार मनोबुद्धि का प्राधान्य उभयत्र अभ्युपगत है। बोध के साधकतम होने से इन्हें कारण कहा गया है।[२५३]

साख्य मे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि समस्त कारण समूह अचेतन त्रिगुण सघात एव परार्थ है। पर पुरुष है। अत मन आत्मा से नितान्त भिन्न है। आत्मा विभु एव चेतन है जबकि मन अणु पारिणाम एव अचेतन है। आत्मा कूटस्थ नित्य एव निष्क्रिय है। आत्मा द्रव्य है गुण पर्वस्वरूप प्रकृति महत् तथा अहमादि विशेषात दृश्य है। आत्मा से इनका अभेद है पचपर्वा अविद्या है जो जात्यायुर्भोगानिमित्तक कर्माशय मूल है। निष्कर्षत परस्पर प्रतीप स्वभाव आत्मा एव मन आदि का अभेद अज्ञान विजृम्भित है। महत से अविशेष सूक्ष्म ारीर है। विशेष से स्थूलशरीर है। सूक्ष्मशरीर जन्म–जन्मान्तर मे एक ही रहता है। यही सभी कार्य सस्कारों का अधिष्ठान है। भावादि वासित सूक्ष्म विग्रह अविधा हेतुक प्रकृति–पुरुष सयोग के समानान्तर उत्पन्न होता है। अत पूर्वोत्पन्न है। आत्यन्तिक लय पर्यन्त रहने से नियत है। अबाधित गाति होने से अशक्त तथा स्थूल शरीर के बिना भोगसक्त होने से निरुपभोग है। प्रकृति के विभुक्त या वैरवरूप्य के भोग के कर्मानुरार[२५४] विभिन्न रूपों को धारण करने वाला लिगशरीर अनेक भूमिकाओ मे कार्य करने वाले नट के समान माना गया है। इन्ही रूपो को स्थूलशरीर कहा जाता है। भूतसर्ग विभाग इसी के आधार पर स्पष्ट है कि इसमे रहने के कारण सूक्ष्मशरीर को सूक्ष्म कहा गया है। पुरुष के रूप मे पुरिशेते इस यौगिक अर्थ मे ही इसे ग्रहण किया गया है। ऐसे स्थलो मे भी इसे आत्मा से भिन्न माना गया है।[२५५] यह सच्चिद् पुरुष से व्यतिरिक्त है क्योकि पुरुष विभु है। वृहदारण्यक उपनिषद् मे इस सस्करण की उपमा जलूथा से दी गई है। कर्मसिद्वात भी सत्कार्यवाद का ही समर्थक है और ससार की नित्यता पुरुष–बहुत्व का प्रतिपादन है।[२५६]

पुराणमहाभारत मे तत्त्वों का विभाजन सोलह–आठ–एक के रूप मे तथा साख्यकारिका एव साख्यसूत्र मे 'एक–सात–सोलह–१ के रूप मे मिलता है।[२५७] तत्त्व विभाजन से उपेत होने के कारण तत्त्वसमास को मूल षष्टितत्र कहा गया है। यही प्रचीन ग्रथो मे अविभक्त साख्य का उपजीव्य है। पुरोणेतिहास मे ईश्वर एव पुरुषोत्तम की चर्चा एक ही तत्त्व के रूप मे हुई है

जिसे छब्बीसवा तत्त्व माना गया है। ईश्वर को पुरुष भिन्न बताया गया है। योगसूत्र[२५८] मे ईश्वर इसी रूप मे अभ्युपगत है। पुरुष विशेष होने के कारण इसे पृथक तत्त्व मानना अर्थवाद मात्र हे। साख्यसूत्र मे[२५६] पुरुष विशेष ईश्वर का नही अपितु न्यायाभ्युपगत जगतकर्ता ईश्वर का खडन है। साख्यकारिका इस विषय मे मौन है। पुरुष के रूप मे ईश्वर की स्वीकृति इसमे भी मानी जा सकती है। साख्यसूत्र और साख्यकाारिका मे दिक् कारण की पृथक चर्चा नही मिलती है। इसे आकाश एव प्रकृति मे अन्तर्भूत कर दिया गया है मैक्समूलर ने इसे अद्वैतवेदान्त का प्रभाव कहा है। इसी कारण साख्यसूत्र को अत्यन्त पश्चात की कृति माना गया है। यह मत तर्क सम्मत है। तत्वसमोसोपजीवी पुराणेतिहासीय साख्य को दृष्टिगत करने से यह निष्कर्ष अनिवार्य हो जाता है कि वैदिक सहिता के ऊषकाल मे यादि किसी दर्शन की स्थापना मानी जा सकती है तो वह साख्य दर्शन था।

सत्कार्यवादी साख्य के मत मे दुख नाश का अर्थ है दुख का अभिभाव या तिरोधान होना। क्योकि साख्य के अनुसार दुख रजोगुण का परिणाम विशेष है। इसका सर्वथा नाश नही होता अपितु दुख अपने स्थूल आकार से सूक्ष्माकार मे परिणत होकर सदा के लिए शान्त हो जाता है। यह उसकी वर्तमानता से अतीतावस्था है। क्योकि ध्वस एव प्रागभाव का कमश अतीत एव अनागत अवस्था ही स्वरूप होता है। यह गीता भी मानती है कि जो नही है वह कभी नहीं हो सकता और जो है उसका कभी भी अभाव नही हो सकता। तत्त्वज्ञानी लोगों ने सत एव असत दोनो वस्तुओ का अन्त जान लिया है।[२६०]

प्रकृति और पुरुष के पार्थक्य का सकेत ऋग्वेद[२६१] मे भी मिलता है। साख्यसूत्र मे प्रकृति–पुरुष के सबधों को भी राग–विराग के द्वारा बताया गया है। सृष्टि के प्रारम्भ के विषय मे आचार्य भिक्षु[२६२] का मत अपासिद्धात होने से अमान्य है क्योकि यह कितनी उलटी बात है कि प्रकृति के क्षोभ से प्रकृति एव पुरुष का सयोग एव फिर सृष्टि ? अथवा प्रकृति एव पुरुष के सयोग से प्रकृति मे क्षोभ और सृष्टि ? यादि क्षोभ को सयोग से पूर्व माना जाय तो सयोग का कारण क्षोभ होगा। किंतु तब क्षोभ का कारण क्या होगा ? यहा क्षोभ को अनादि नही मान सकते। क्योंकि तब प्रलय कभी भी सभव नही होगी ऐसा इसलिए कि भावरूप क्षोभ अनादि होने

से नित्य होगा और उसके नित्य होने से उसके कारण प्रकृति के तीनो गुणो मे होने वाला वैषम्य भी नित्य होगा तब सृष्टि भी नित्य होगी। इसके अतिरिक्त प्रकृति एव पुरुष के सयाग का ... सूत्रकार[२६३] के द्वारा अनकेश अविवेक कहा गया है क्षोभ नही। स्वय आचार्य भिक्षु[२६४] ने भी अपने भाष्य मे अविवेक द्वारा साक्षात सयोग होने की बात कही है फिर प्रकृति एव पुरुष के सयोग से प्रकृति मे क्षोभ और तत्पश्चात सृष्टि मानने पर कोई असगति भी नही आती। जैसी प्रकृति के क्षोभ से प्रकृति एव पुरुष के सयोग और उससे सृष्टि होने से दिखाई जा चुकी है। सयोग का कारण अविवेक तो अनादि है जैसे कि साख्यसूत्र[२६५] मे भी माना गया है। इसलिए उसका कारण भी ढूढने की आवश्यकता नही है।

साख्य विकास और विलय की प्रकिया को स्वीकार करता है। आचार्य भिक्षु के मत मे सत्कार्यवाद के अनुसार कारण और कार्य एक ही पदार्थ की अविकसित और विकसित अवस्थाए है। समस्त उत्पादन और समस्त विनाश का आधार कारण ही है। आत्यान्तिक अभाव जैसी कोई वस्तु नही है। भूत और भविष्य की अवस्थाओ का नाश नही होता है। क्योंकि उनका प्रत्यक्ष ज्ञान योगिगण करते है।[२६६] इस प्रकार विकास का अर्थ है जो कुछ दिया है उसका प्रकट होना।[२६७] कारण और कार्य की भिन्नता का आधार हमारे क्रियात्मकम स्वार्थ है। यथा–घडा ही पानी को धारण करता है मिट्टी नही। अत उपादान कारण और कार्य मौलिक रूप मे एक ही है। किन्तु वे क्रियात्मक रूप मे भिन्न–भिन्न है। क्योकि उनसे भिन्न–भिन्न प्रयोजन सिद्ध होते हे। तादात्म्य मौलिक है। भेद का आधार उनका क्रियात्मक रूप है। साख्य मे उपादान करण मे स्थित होता है तो निमित्त कारण बाहर से उतना प्रभाव डालता है। जिससे कार्य अपने कारणात्मक स्थिति से स्वतत्र हो सके। अत इस सहकारी शक्ति के बिना कार्य उत्पन्न नही हो सकता है।[२६८] डॉ० राधाकृष्णन् के मत मे साख्यदर्शन के अनुसार कोई भी कारण किसी भी कार्य को उत्पन्न कर सकता है, क्योकि सभी पदार्थ प्रकृति मे से ही उत्पन्न होती है। लेकिन इसके लिए हमे कुछ बाधाए उत्पन्न करने वाली रुकावटो को दूर करना होगा। आचार्य भिक्षु के अनुसार भी यदि पत्थर के अन्दर से कणो की वह अवस्था जो उसके भीतर गुप्त शाक्ति को विकसित होकर अकुर के रूप मे फूटने से रोकती है ईश्वर की ईच्छा से दूर हो जाये तो पत्थर के टुकडे से भी पौधा निकल सकता है।[२६९] कार्य दो प्रकार के होते है एक जो सरल अभिव्यक्ति

की अवस्था इसमे दूध से मलाई की उत्पत्ति होती है दूसरा पुनरुत्पत्ति की अवस्था इसमे स्वण से आभूषण का निर्माण होता है। जब किसी वस्तु के स्वभाव मे परिवर्तन होता है तो यह कार्य पारिणाम है। जब सम्भाव्यता वास्तविकता मे बदलती है और परिवर्तन केवल बाह्य होता है तो यह लक्षण–परिणाम है तथा जब केवल समय व्यतीत होने पर अवस्था मे परिवर्तन होता है तो यह अवस्था–परिणाम होता है।[२७०] परिवर्तन हर पल और स्थान पर हो रहा है। यही कारण है कि कोई भी व्यक्ति एक ही जलधारा मे दो बार स्नान नही कर सकता इसी प्रकार दोनो बार के पग डालने मे व्यक्ति भी वही नही रहता। क्योकि जैसे जलधारा मे परिवर्तन हो रहा है वैसे ही उस व्यक्ति मे भी परिवर्तन हो गया है। इस प्रकार सब कुछ सब प्रकार से परिवर्तनशील है।[२७१] यह जगत अयथार्थ नही क्योकि यह मनुष्य भ्रम नही है और न ही यथार्थ है। क्योकि इसका लोप हो जाता है।[२७२] साख्य मे न तो यह माना गया है कि यह जगत उसका प्रतिबिम्ब है जिसका अस्तित्व नही है[२७३] और न यही मानता है कि यह जगत केवल विचारमात्र है।[२७४] परिवर्तनो के अधीन होने के कारण इस जगत की प्रतीयमान यथार्थ सत्ता है।[२७५]

प्रकृति के सृष्टि विकास मे एक आकर्षक सौन्दर्य होने के साथ एक ऐसी योजना भी निहित है जिसका एक धार्मिक प्रयोजन स्पष्ट है।[२७६] प्रकृति से एक ऐसे जगत का विकास होता है कि जिसमे विनाश भी अन्तनिर्हित है और जिसका उद्देश्य पुरुष को जागृत करना और विवेकज्ञान की प्राप्ति कराना है। प्रकृति के क्रियाकलाप एक ऐसे पुरुष के लिए होते है जो निष्क्रिय है और जो अपने सम्मुख होने वाली इन सब क्रियाओ को देखती है। यद्यपि इरासे प्रभावित नही होती है। इस प्रकार पुरुष की सेवा ही प्रकृति का लक्ष्य है।[२७७] यद्यपि प्रकृति को स्वय इस लक्ष्य का ज्ञान नही रहता। यहॉ साख्य चमत्कारवाद का निषेधकर एक अन्तर्निहित उद्देश्यवाद को स्वीकार करती है। यह क्रियाकलाप यत्रवत होने पर भी अपने विकास योजना के आधार पर एक विलक्षण मेधावी सत्ता अर्थात ईश्वर की ओर सकेत करता है। लेकिन साख्य मत मे प्रकृति का क्रियाकलाप किसी सचेतन चितन का परिणाम नही है।[२७८] विकास की प्रथम अवस्था मे प्रकृति निष्क्रिय रहती है और असख्य पुरुष भी निश्चेष्ट पडे रहते है। लेकिन ये निश्चेष्ट पुरुष प्रकृति पर एक यात्रिक शक्ति का प्रयोग करते है फलस्वरूप प्रकृति की साम्यावस्था मे क्षोभ पैदा हो जाता है जिससे एक ऐसी गति पैदा होती है जिसके कारण विकास

यात्रा शुरू होती है। जिसका परिणाम अन्तत ह्रास ओर विनाश के रूप मे होता है। लेकिन प्रकृति अपनी इस निष्क्रिय दशा मे पुन पुरुष से उत्तेजना प्राप्त कर विकास करती है। यह प्रक्रिया निरन्तर तब तक चलती रहती है जब तक सभी पुरुष मोक्ष की प्राप्ति नही कर लेते है। इस प्रकार विश्व सबधी प्रक्रिया का पहला और अतिम कारण पुरुष ही है। किन्तु पुरुष की कारणता यत्रवत है जो किसी इच्छा का परिणाम नही अपितु सान्निध्य के कारण है। जिसमे एक विशेष प्रकार का आकर्षण है।[२७९] यहाँ जब तक प्रकृति और पुरुष के बीच कल्पित सबध रहता हे तभी तक प्रकृति पुरुष के प्रति कार्य करती है। जब पुरुष विकास ओर विलय को प्राप्त होने वाला प्राकृतिक जगत से अपने भेद को पहचान लेता है तो प्रकृति उसके प्रति अपना व्यापार बन्द कर देती है।[२८०] इस प्रकार प्रकृति के विकास का नैमित्तिक कारण केवल पुरुषो की उपस्थिति ही नही है क्योकि वह तो निरन्तर बनी रहती है। बल्कि उसका अपने और प्रकृति के भेद का न जान पाना है। साख्य मे अविवेक को पुरुष तथा प्रकृति के सयोग का कारण माना गया है।[२८१] आनदिरूप अविवेक प्रलयकाल मे भी रहता है यद्यपि तब प्रकृति और पुरुष का सयोग नही रहता। यह सयोग यथार्थ नही क्योकि इससे पुरुष के अन्दर कोई नया गुण नही उत्पन्न होता है। फिर भी प्रकृति और पुरुष के सबध को योग्य और भोक्ता के सबध को माना जाता है। आ० भिक्षु के मत मे यदि सबध नित्य है तो ज्ञान से इसका अन्त नही हो सकता और यदि यह अनित्य है तो भी यह सयोग ही कहा जायेगा।[२८२]

विषयी और विषय एकत्व की ओर सकेत करते है। यद्यपि ये भिन्न है फिर एक इकाई के अन्तर्गत ही है। क्योकि एक चैतन्य विषय का चैतन्य है और विषय चैतन्य का ही विषय है। अपने को पदार्थ जगत से भिन्न करने और उससे सबद्ध करने मे ही हम आत्मा अर्थात विषयी को जान सकते है अन्यथा नही। अत विषयी और विषय की सबधविहीनता की स्थिति मे एक दूसरे की ओर सक्रमण सम्भव नही है। दोनो पक्षो की एकता उनके भेद की पूर्वकल्पना है। भेद का कारण अज्ञान अर्थात अविद्या है। जिसके कारण हम अनुभव के स्वरूप और उसकी अवस्थाओं पर विचार नही कर पाते। ओर हम विषयी व विषय के माध्यम से परमतत्त्व को जानने मे असमर्थ हो जाते है। यह सत्य है कि द्वैतपरक विचार हमारे मतो के लिए आवश्यक है। लेकिन ऐसा सही मान ले कि यही वास्तविकता है तो उन्हे जोडने के लिए एक तृतीय पदार्थ की

ही मन के बिना कोई अस्तित्व रखते है तथा यह भी कम स्पष्ट प्रतीत नही होता कि विभिन्न सवेद अथवा इन्द्रियो द्वारा प्राप्त प्रत्यय चाहे वे किसी प्रकार निश्चित हो अर्थात उनसे कोई भी विषय बनता हो। उस मनस के बिना नही रह सकते जो उनका प्रत्यक्ष करता है कोई भी व्यक्ति सबध वस्तुओँ के विषय मे प्रयुक्त अस्तित्व शब्द का अर्थ अपनी सहानुभूति से ही समझ सकता है। जिस मेज पर मै लिखता हूँ, वह है अर्थात मे उसे देखता हूँ और उसका अनुभव करता हूँ और यदि मै अपने अध्ययन कक्ष के बाहर होता तभी मे यह कहता कि वह है। जिससे मेरा तात्पर्य यह है कि यदि मै अपने अध्ययन कक्ष के भीतर होता तो मै उसका प्रत्यक्ष कर सकता था अथवा यह कि कोई अन्य व्यक्ति उसे वास्तव मे देख रहा है। गध है अर्थात उसे सूघा गया अथवा ध्वनि हुई अर्थात उसे सुना गया। इस प्रकार के अन्य समान कथनो का मे यही सब अर्थ लगाता हूँ। कारण कि वस्तुओ के विषय मे उनके प्रत्यक्ष होने के सन्दर्भ के बाहर जो भी कहा जाता है वह पूर्णयता अबोध प्रतीत होता है । इन वस्तुओ को प्रत्यक्ष करने वाले मनस अथवा चितनशील वस्तुओ की परिधि के बाहर उनका कोई अस्तित्व सभव नही है।[२७] बर्कले अस्तित्व के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहता है कि उसके द्वारा आत्मा अथवा मन के अस्तित्व को भी सिद्ध कर सकते है– अस्तित्व का अर्थ है प्रत्यक्ष किया मन अथवा प्रत्यक्ष करना इस प्रकार सत्ता दृष्टता है का तात्पर्य केवल वर्तमान दृष्टि से ही नही अपितु त्रैकालिक रूप मे ग्रहण करना चाहिए बर्कले प्रत्ययो की व्याख्या करते हुए बताते है कि प्रत्यय निष्क्रिय है वे चित्र के द्वारा स्पष्ट तो होते है, परन्तु स्वय चित्र रूप नही होते। आत्माए तथा प्रत्यय एक दूसरे से नितान्त भिन्न है। जब यह कहा जा सकता हे कि उनका अस्तित्व है। उन्हे जाना जाता है तो इस प्रकार के कथन से उन दोनो की किसी समान प्रकृति का अन्दाजा लगाने की भूल नही करनी चाहिए। अत जब हम कहते है कि प्रत्यय मन मे है तो उसका अर्थ मात्र है कि वे मन पर आश्रित है।[२८]

बर्कले के अनुसार यदि हम सृष्टि के विशाल अवयवो की विस्मयाकरक शोभा सौन्दर्य तथा पूर्णता के साथ छोटे अवयवो की उत्कृष्ट रचना तथा उसके साथ सम्पूर्ण सृष्टि के सतुलन पर ध्यान दे तथा यह जानने का प्रयास करे कि नित्य अनन्त ज्ञान शिव तथा पूर्ण आदि शब्दो से किन गुणो का परिचय प्राप्त होता हे तो हमे उस आत्मा का बोध हो जायेगा जो सर्वोपरि है जिसके द्वारा सभी कुछ सचालित है और जिसमे सबका अस्तित्व है। वस्तुत यह प्रकृति जिसका हम सदैव दर्शन करते है ईश्वरीय माया ही तो है। जिसमे नित्य प्रति हम उसी प्रकार ईश्वर का साक्षात्कार करते रहते है जैसे अन्य आत्माओ की। बर्कले जगत की यथार्थता को स्वीकार करते

हुए कहते है कि सूर्य चन्द्र नदियॉ पर्वत मकान यहॉ तक कि अपने शरीर के विषय मे भी क्या ये सब केवल मात्र किसी मनमौजी की कपोल कल्पनाए तथा भ्रातियॉ है मेरा उत्तर है कि पूर्ण व्यथित तथ्यो के सिद्वात के आधार पर इस प्रकृति के किसी भी एक पदार्थ से वचित नही होते। हम जो कुछ देखते है स्पर्श करते है सुनते है अथवा सुरक्षित रहता है सदा के लिए यथार्थ है। इस जगत मे एक प्राकृतिक अस्तित्व है ओर यथार्थ सत्ताओ तथा कपोल कल्पनाओ के मध्य का भेद अपनी पूरी शक्ति को स्थिर रखता है।[२९] रुथ के अनुसार ईश्वर के मन मे जगत की अवधारणा को जिस प्रकार शकराचार्य मानते हे वह बर्कले के विचारो से भी साम्य रखती है।

काट के अनुसार दोनो प्रकार के विषय अह–प्रत्यय और वस्तु–प्रत्यय आन्तरिक रूप से परस्पर भिन्न है। बल्कि केवल इस रूप मे भी भिन्न है कि ये एक दूसरे के बाहर प्रतीत होते है। सभव है कि प्रातिभासिक उपादान के मूल मे अन्तर्निहित वस्तुसत् भी वैसा परायत्त विषय–निबद्ध नही हो जैसा कि प्रतीत होता है।[३०] ईश्वर मेरे लिए इतर सत्ता नही है। वह मेरे स्वरूप का ही उच्चतम शिखर है । इसके विपरित जगत (इहलोक) मेरा ही इतरत्व है। हम ऐसी पराशक्ति का अभ्युपगम कर सकते है जो यद्यपि प्रकृति से अत्यन्त भिन्न है किन्तु साथ ही उसका कारण भी है और जिसमे परम श्रेमस और परमश्रेमस का समवय सिद्ध है।[३१] काट भौतिक को रवरूपवान् तत्त्व नही मानता है वह इसे केवल प्रतिमासिक मानता है उसके अनुसार भौतिक की स्वायत्त सत्ता कल्पनीय नही है। क्योकि रवरूप सत् केवल शुद्ध चित् ही हो सकता है। काट के मत मे मेरी पत्थर उठाने की इच्छा तथा हाथ और पत्थर का उठना एक ही लोक मे घटित होते है। जबकि देकार्ट दोनो को दो लोको की घटना मानकर असबद्व रूप से घटित करता है और इस प्रकार मै प्राकृतिक घटनाओ का कारण हूँ। क्योकि यहा कारण भूत मै और मेरी इच्छा प्रकृति ही है किन्तु तब ये सभी क्रियाकलाप सकल्प अथवा कर्त्तव्य नही है। कर्त्त के रूप मे मै इस प्रकृति मे कुछ घटित नही कर सकता।[३२] दूसरे शब्दो मे विषयकरण व्यापार मेरे स्वरूप के अन्तगर्त है। केवल विषय कृत उपादान मेरे से परे है। यहॉ साख्य के मत मे प्रतिभास विषयो–मुखता है और इस विषयोन्मुखता का और विषय का जो कि एक ही विषय है पुरुष से कोई सबध नही है। किन्तु काट साख्य के समान अपने सिद्वात के सबध मे निश्चित नही है।

काट आनुभविक जगत को प्रती तिरूप मानते है और मानवीय मस्तिष्क की रचना को इस

आनुभविक जगत का कारण मानते है। उनके अनुसार मनुष्य के लिए अतीन्द्रिय विषयो का ज्ञान प्राप्त करना असभव है क्योकि जो कुछ भी ज्ञान का विषय बनता है। वह देशकाल काल की आकृतियो और बोधग्रहण की श्रेणियो के अन्दर आबद्व ज्ञान प्राप्त होता है। वह उसका केवल आभास मात्र है। पर्याप्त मात्रा मे असद्भासता के कारण हमारी तार्किक क्रियाशीलता हमे प्रतीत रूप से जगत की ओर बलात ठेलती है। जो सदा के लिए हमारे तथा यथार्थसत्ता के मध्य मे अपना स्थान बनाती है। काट के अनुसार यदि तार्किक बुद्दि अपने को यथार्यता कर निर्माण आने वाली समझती है तो सत्य की प्राप्ति के अधिकार से वचित हो जाती है। यह भ्राति की अन्तर्निहित शक्ति के रूप मे परिणत हो जाती हे। देकार्ट के विपरीत जो हमारे अपने अस्तित्व सबघी ज्ञान जो साक्षात तथा सशयरहित है तथा बाह्य विषयो के ज्ञान के बीच भेद करता है जो अनुमानजन्य तथा समस्यापूर्ण है। काट का मत है कि ब्रह्म जगत का ज्ञान भी हमारे लिए उतना ही प्रत्यक्ष तथा निश्चित है जितना कि हमारा आत्मविषयक ज्ञान। काट बर्कल के प्रत्ययवाद के विरुद्ध कहता है कि सरल किन्तु आनुभविक रूप से निर्णीत मेरे अपने अस्तित्व की चेतना यह सिद्ध करती है कि बाह्य पदार्थो का अस्तित्व देश के अन्दर है।[३३] काट अनुभवम्य सब पदार्थो को प्रतीति मात्र कहता है तात्त्विक नही। इस प्रकार राधा कृष्णन् के मत मे काट वस्तुओ के अपने आप मे अनेकत्व मे विश्वास करता है। काट दृश्य ओर यथार्थ स्वरूप मे भेद करते हुए कहते हैं कि दृश्य स्वरूप वह है जो हमारे सामने प्रकट होता है तथा यथार्थ अर्थात स्वलक्षण दृश्य नही है, यह ज्ञान की सीमा है। सत्–असत बुद्धि के विकल्प है जिस प्रकार ये बुद्धि–विकल्प लागू नही होते। उन्हे सत् या असत् नही कह सकते है इस प्रकार ज्ञेयवादी काट बुद्धि की सीमा निर्धारित करते है।[३४]

फिक्टे के तत्त्वविज्ञान के अनुसार विज्ञान आत्मस्वरूप है। यही परमतत्व भी है जो आत्मरूप है। अचित भी चित्रूप ही है। विश्व का परमतत्व विज्ञान है यह विज्ञान ज्ञाता का स्वरूप होने के कारण ज्ञाता से अभिन्न है। आत्मा मे सकल्प–शक्ति है। इसी सकल्प–शक्ति की स्वतत्रता के कारण आत्मा अपने को अनात्म वस्तु के रूप मे प्रकट करती है। अचित् अर्थात अनात्म ज्ञेय रूप है। किन्तु दोनो से भिन्नता होने के बावजूद उनमें विरोधी नही है। क्योंकि चित्–अचित दोनो एक ही परमात्मा की अभिव्यक्तियॉ है।[३५] किन्तु शैलिग परमतत्त्व को प्रकृति

कहता है इसके अनुसार परमतत्त्व की अभिव्यक्ति पहले जगतरूप मे फिर जीव मे होती है। अत चेतन अर्थात ज्ञाता ही अचेतन अर्थात ज्ञेय रूप मे प्रतीत होता है। प्रकृति ही दृश्य आत्मा है और आत्मा अदृश्य प्रकृति है। फिक्टे के विपरीत शैलिग चित–अचित् मे विरोध नही मानता है। अत जड चेतन मे भेद सभव नही है क्योंकि वे पररपर सहायक है।[३६]

विज्ञानवादी हेगेल विशिष्टाद्वैतवादी है। उनका परमतत्त्व परमविज्ञान है। सम्पूर्ण जगत इसी परमविज्ञान की अभिव्यक्ति है। परमविज्ञान की ही एकमात्र सत्ता है। परमतत्व अपने विकास के पूर्व भी है। हेगेल सृष्टि की त्रिआयामी पक्ष विपक्ष सपक्ष को द्वद्वात्मक विकास को द्वारा जगत की व्याख्या करते हैं। उनके अनुसार वह जगत का अन्तर–सत् है जो तत्त्वत है। वह वस्तुनिष्ठ तथा विशिष्ट रूप ग्रहण करता है। तथा स्वय से सम्बन्ध स्थापित करता है। इस रूप मे वह बदलता है तथा स्वय के लिए है परन्तु इस विशेषीकरण में भी तथा अपने अन्य तत्त्व में भी वह स्वय से एकात्म है। वह स्वय मे एव स्वय के लिए तथा स्वत पूर्ण दोनों एक साथ है। वह स्व स्थित प्रकृति अपने मे अव्यक्त है आध्यात्मिक द्रव्य है। उसे अपने लिए तथा अपने ही कारण स्वनिष्ठ होना है। उसे आत्मा का ज्ञान होना चाहिए तथा स्वय के लिए विषय रूप मे उपस्थित होना चाहिए। परन्तु साथ ही उसे उस विषयनिष्ठ रूप का परिहार तथा अतिक्रमण करना है। इस प्रकार अपने अस्तित्व मे उसे उस विषयरूप में अपना बोध है। जिसमे वह स्वय ही प्रतिबिम्बित है। जब इस प्रकार विकसित रूप मे चित स्वय को चित रूप में जान लेता है, तब वह ज्ञान होता है।[३७] यह स्पष्ट है कि सत तथा उसकी गत्यात्मकता की अभिन्नता का बोध होता है तो दूसरी ओर गत्यात्मकता के स्वरूप का प्रकाशन होता हे। यही कारण है कि हेगेल परमतत्व को स्वरूपनिष्ठ सत् कहता है।

हेगेल के अनुसार परमचित् जो समग्र सत का मूर्त साकार अन्तिम तथा परमसत्य है। वह अपने उत्कर्ष के अत में स्वच्छद रूप मे अपना अतिक्रमण कर जाता है तथा अव्यवहित सत् का रूप अपना लेता है। वह उस जगत की सृष्टि के लिये कृतसकल्प होता है। जिसमे अत तक पहुचने के पुर्व ही समस्त विषय विद्यमान है ओर वह सब इस अनुलोम स्थिति के कारण अपने आरम्भ सहित किसी ऐसी अवस्था में परिणित हो जाता है। जो साध्य पर आश्रित है क्योंकि

साध्य ही तो सिद्धात है जहाँ ज्ञान अपनी समग्रता मे एक ऐसा वृत्त होता है। स्वय अपनी आरमिक स्थिति मे प्रत्यावर्तन को जहाँ प्रथम अन्तिम हो तथा अन्तिम प्रथम हो।[३८] हेगेल शेलिग की भाति प्रकृति को दिव्य नही मानता है अपितु उसे परमतत्त्व का ही एक पक्ष मानता है। यहाँ हेगेल प्रकृति की यथार्थता को स्वीकार करने के साथ प्रकृति को परम का ही एक अग मानने के कारण उसकी आगन्तुकता को भी स्वीकार करता है। अत वह प्रकृति के आन्तरिक और बाह्य पक्ष के बीच भेद करता है। एक ओर प्रकृति की अन्त रचना प्रत्यय के प्रतिबिम्बन तथा मौखिक सरचना से अभिन्न है तो दूसरी ओर प्रकृति के बाह्य पक्ष मे आगन्तुक तथा अभौक्तिकता है। लेकिन जो भौतिक है वह वास्तविक है तथा जो अभोक्तिक है वह अवास्तविक है। यदि आगन्तुकता को वास्तविक मानते तो तत्र के भीतर द्वैत उत्पन्न हो जायेगा अत यह अवास्तविक ही है।[३९]

ब्रैडले के मत मे निरपेक्ष परमब्रह्म ईश्वर नही है। मेरे लिए धार्मिक चैतन्य से बाह्य ईश्वर का कुछ अर्थ नही है और वह तात्त्विक रूप से क्रियात्मक है। मेरी दृष्टि मे निरपेक्ष ब्रह्म ईश्वर नही हो सकता। क्योकि अन्त मे निरपेक्ष का सबध किसी के साथ नही रहता तथा इसके सीमित सकल्प के अन्दर कोई क्रियात्मक सबध नही हो सकता हे। जब आप निरपेक्ष सत्ता की अथवा विश्व की पूजा करना प्रारम्भ करते है ओर इसे कार्य का विषय बनाते हैं तो अपने उस क्षण इसका रूपान्तरण कर दिया।[४०] आत्म सगत विचार के दृष्टिकोण से दोनो प्रकार के अनुभव अव्यवहित और व्यवहित तथा वस्तुए और विचार ससृष्टियाँ यहाँ तक कि ईश्वर का प्रत्यय भी यद्यपि ईश्वर कि अनुभूति सत्ता आभास नही है। परन्तु तत्वमीमासी या विचारात्मक दृष्टि से ईश्वर का प्रत्यय आत्मघाती है इसलिए आभास है। सभी कुछ अन्तत आभास है। निरपेक्ष सत ही परम सत् है। पर क्या हम आभासो को नितान्त सतविहीन या निरपेक्ष सत् से पृथक् मान सकते हैं ? स्पष्ट है कि नही, क्योंकि ऐसा मानने से निरपेक्ष सीमित अथवा सारहीन हो जायेगा तथा चिन्तन का आदर्श न रहकर (ब्रैडले के) तत्वज्ञान के लिये निरर्थक हो जायेगा प्रत्येक आभास कि अपनी सत् की मात्रा है। अस्थिर रूप से ही सही उसमें कुछ अन्तर्वस्तु और आत्मसगति है तो इसलिए किसी आभास को हम तुरन्त ओर पुर्णरूप से आभास नही कह सकते।[४१]

ब्रैडले के अनुसार जो कुछ मुझे अस्तित्व मे जगत मे अथवा अपने अन्दर मिलता है वह दर्शाता है कि यह कुछ है और यह इससे अधिक प्रदर्शन नही कर सकता। जो उपस्थित है वह निसन्देह उपस्थित है और उसे मानना ही होगा और उसकी उपेक्षा नही की जा सकती। किन्तु एक स्वीकृत तत्त्व को मानने और बिना किसी सन्देह के उसकी विषयवस्तु को यथार्थ मान लेने मे बहुत बडा अन्तर है।[४२] अनेको के स्वरूप इसलिए केवल अपने में प्रत्येक अपने आप मे आत्म निर्भर नही है। क्योंकि यदि तुम प्रत्येक मे से उसके परे के प्रत्येक उल्लेख को मिटा दो तो अनेकत्व कही भी नही रहता और शब्द का अर्थ सिवाय इसके और कुछ नही है कि वह पूर्ण इकाई के आधार को अभिव्यक्त करता हे और एकात्मकता से अलग विविधता का अपना कोई अर्थ नही है इसलिए जिन विषयों कि आवश्यकता नही है वे स्वात्म विरोधी है और पृथक्–पृथक् पक्षों में प्रत्येक के अन्दर भेद करने से तुम बच नही सकते। क्योंकि इस प्रकार का मार्ग हमे नये विशेषो के विभाग कि ओर ले जायेगा। जिनमे से प्रत्येक के सम्बन्घ मे वही समस्या उत्पन्न होगी। यदि अनेको मे से प्रत्येक अपने से परे नही हैं तो वे अनेक नही रह सकते और दूसरी ओर जो आत्मनिर्भर नही रह सकता वह विशेष अथवा विलक्षण भी नही कहा जा सकता। इसलिए विशेष जिनमे से प्रत्येक यदि सम्भव हो सके तो विलक्षण हो केवल अमूर्त भाव ही सिद्ध होते है। क्योंकि ये सिद्धात रूप मे स्वात्म विरोधी है। इसलिए अयथार्थ है और अन्ततोगत्वा निरर्थक है।[४३]

यहॉ हाकिग का मत है कि पाश्चात्य दर्शन मे प्राचीन द्वैतवाद मुख्यत विश्व की उस दृष्टि से सम्बन्ध था जिसमे मनुष्य की दोहरी प्रकृति जिसकी एकं प्रकार की प्रतिध्वनि है किन्तु आधुनिक द्वैतवाद मुख्यत मनस और शरीर की समस्या से सम्बन्धित है और विश्व की व्याख्या इस आन्तरिक विभाजन के सन्दर्भ में की जाती है।[४४] हयूम के पश्चात मिल रसेल विटगेन्स्टाइन एयर आदि अनुभववादियों ने वस्तुए अनुभूत गुणो के सग्रह के अलावा और कुछ नही है। इन गुणो के आश्रय स्वरूप किसी स्थायी आधार को मानना प्रमाणों पर आधारित नही है। बल्कि एक कल्पना मात्र है। मिल ने द्रव्य को मात्र एक सम्भावना के रूप में लिया और माना कि यह सवेदनो की एक स्थायी सम्भावना है। समकालीन दर्शन मे तत्त्वमीमासा का निषेध कर दर्शन को तार्किक विश्लेषण तक ही सीमित रखा गया है। इस सम्बन्ध मे विटगेस्टाइन ने माना की

दर्शनशास्त्र विज्ञान के वाक्यो के अर्थों अथवा भाषा की तार्किक व्याख्या है तो ए० पी० एयर के अनुसार दर्शन का कार्य किसी अभौतिक तत्व की परिकल्पना करना नही इसका मुख्य कार्य आलोचनात्मक है। इस प्रकार रसेल एयर आदि ने द्रव्य सम्बन्धी धारणा को भाषा का एक भ्रामक प्रयोग का परिणाम माना है। आधुनिक वैज्ञानिक विश्लेषणो मे गुणो के आधार के रूप मे मुलभूत सत्ता के रूप मे किसी स्थायी अपरिवर्तनशील सत्ता को स्वीकार न करके परिवर्तन गति शक्ति ऊर्जा को विश्व का मूल माना गया है।[४५]

(II) सृष्टि-कारणता सिद्धांत

साख्य दर्शन मे ससार की समस्त वस्तुए मन शरीर इन्द्रिय बुद्धि आदि सीमित तथा सापेक्ष होने के कारण कार्यरूप है जो कतिपय उपादानो के सयोग से उत्पन्न माना गया है। यह जगत कार्यकारणो का प्रवाह है अत इस श्रखला का कोई न कोई मूलकारण अवश्य होना चाहिए। इस मूलकारण को साख्य प्रकृति कहता है जो समस्त कार्यों का कारण है किन्तु स्वय अनादि है। इस प्रकृति को निरपेक्ष और नित्य कहा गया है। प्रकृति के अन्दर सत्त्व रज और तम तीन तत्त्व है जिन्हें गुण कहा गया है। इन तीनो गुणों की साम्यावस्था का नाम ही प्रकृति है। यहॉ गुण का अर्थ धर्म है। त्रैगुण्य प्रकृति मे सत्व वह है जिसके द्वारा कोई भी वस्तु अपने को चैतन्य मे अभिव्यक्त करती है क्योकि ये लक्षण जीवन मात्र मे पाए जाते है इसलिए ये मूल प्रकृति के है।[४६] साख्यसूत्र के अनुसार यदि ईश्वर को सृष्टि का कारण मान ले तो वह या तो किसी स्वार्थवश या दयावश ही सृष्टि कार्य करेगा। लेकिन ईश्वर जिसके सभी स्वार्थ पुर्ण हो चुके है। वह पूर्णत निस्वार्थ है, क्योकि यदि ईश्वर स्वार्थमय उद्देश्यो अथवा इच्छाओं से प्रभावित होता है तो वह स्वतत्र नही है और यदि वह स्वतत्र है तो वह सृष्टि रचना सबधी कार्य मे अपने को लिप्त नही करेगा। इसी प्रकार ईश्वर ससार की रचना को दयावश भी नही करता क्योंकि सृष्टि रचना से पुर्ण आत्माओं को कोई दुख नही था। जिससें छुटकारा पाने की उन्हे आवश्यकता हो। यदि ईश्वर केवल शुभ कामना से ही प्रेरित हो तो उसके द्वारा उत्पन्न सभी प्राणी सुखी होने चाहिए। फिर यदि यह मान ले कि आचरण के भेदो के अनुसार ईश्वर को मनुष्यो के साथ भिन्न–भिन्न व्यवहार करना होता है तब फिर कार्य विधान ही कार्यकारी सिद्धात

होगा ईश्वर नही।

परवर्ती साख्यदार्शनिक भिक्षु वाचरपति नागेशादि आचार्यों ने पुरुष की आवश्यकताओं तथा प्रकृति के कार्यों के इस सामजस्य की व्याख्या करना असभव देखकर प्रकृति के विकास का पथ प्रदर्शक ईश्वर को स्वीकार किया।[४७] आचार्य वाचरपति मिश्र के अनुसार प्रकृति के विकास का सचालन एक सर्वज्ञ आत्मा द्वारा होता है तो आचार्य भिक्षु के मत मे महार्षि कपिल द्वारा ईश्वर का निषेद्ध एक प्रकार का नियामक सिद्वात हे ऐसा आग्रह इसलिए किया गया है कि ईश्वर की ओर अत्यधिक ध्यान लगाना सत्य ओर भेद विधायक ज्ञान के मार्ग मे बाधक होता है। आचार्य भिक्षु आगे कहते है कि निरीश्वरवाद को रवीकार करने का कारण यह था कि दुर्जन–पुरुषो को भरमाया जा सके जिससे कि वे यथार्थ ज्ञान को प्राप्त करने से दूर रहे।[४८] आचार्य भिक्षु प्राय साख्य के विचारो को वेदान्त के सामानान्तर लाने का प्रयास करते है।[४६] एक व्यापक पुरुष की यथार्थता स्वीकार करते हुए कहते हे कि वह सर्वोपरि अर्थात व्यापक सार्वभौम सामुहिक पुरुष है जब कुछ जानने तथा सब कुछ करने की शक्ति रखता है और चुम्बक–पत्थर के समान केवल सान्निध्य के कारण गति देने वाला है।[५०]

साख्य दर्शन प्रकृति परिणामवादी है ओर सत्यकार्यवाद को स्वीकार करने के कारण कार्य को उत्पत्ति के पूर्व अपने कारण मे निहित मानता हे। उसके अनुसार कार्य करण की वास्तविक अभिव्यक्ति है। प्रकृति पुरुष के सानिध्य मात्र से विक्षुब्ध होती है तत्पश्चात सृष्टि प्रकिया लग जाती है । इस प्रकार पुरुष निमित्त कारण ओर प्रकृति उपादान कारण है।

परिवर्तन हर जगह तथा हर एक क्षण मे हो रहा हे हम एक ही जलधारा मे दो बार पग नही डाल सकते क्योकि कोई भी जल दो क्षण के लिए वही नही रहता और यह भी सत्य है वही व्यक्ति उसी जलधारा मे दो बार पग नही डाल सकता है क्योंकि इसी बीच जैसे जलधारा मे परिवर्तन हो गया उसी प्रकार व्यक्ति मे भी परिवर्तन हो गया। सब वस्तुए तथा अवस्थाए बाह्य तथा आतरिक इस परिवर्तन के नियम के अधीन हे। हेराक्लाइटस आगे भी कहता है कि जिस प्रकार मूलतत्त्व से जगत की सृष्टि होता है उसी प्रकार प्रलय की अवस्था मे जगत अपने मूलतत्त्व

मे विलीन हो जाता है।[५१] इसी परिवर्तन प्रक्रिया मे से मनुष्य का मस्तिष्क पूर्ववर्ती तथा पश्चातवर्ती के सबध द्वारा कार्यकारण नियम की रचना करता है ।

एम्पेडाक्लीज के अनुसार मात्र वस्तुओ का उदभव और विकास होता है मूलतत्त्व अपरिवर्तनीय और निर्जीव है । उसके अन्दर गति नाम की कोई चीज नही है हॉ प्रेम और घृणा नामक दो विरोधी शक्तिया है। जो भौतिक शक्तिया है मूलद्रव्य पृथ्वी जल वायु और अग्नि चार है इन्ही के द्वारा विरोधी शक्तिया की सक्रियता से सृष्टि और प्रलय होता है। जगत का आदि और अन्त नही है सृष्टि क्रम चक्राकार रूप से निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। साख्य दर्शन मे प्रत्यक्ष विषय के रूप इस जगत मे पाच इन्द्रियो के अनुरूप पचतन्मात्राओ के अनुरूप एम्पेजक्लीज की भी मान्यता है।[५२]

प्लेटो के अनुसार सृष्टि क्रम के पूर्व ईश्वर के पास प्रत्यय और द्रव्य नामक दो वस्तुए भी प्रत्ययो के प्रतिबिम्ब को द्रव्य मे अकित करके ईश्वर नाना प्रकार के जगत की रचना करता है । सर्वप्रथम विश्वात्मा महत् की सृष्टि हुई जो देश–काल मे स्थित है। यद्यपि वह निराकार है तदन्तर दिव्यलोक पृथ्वी महाभूतो आदि की सृष्टि होती है। प्लेटो के कारण सिद्धात मे चार कारण– निमित्त कारण उपादान कारण स्वरूप कारण और लक्ष्य कारण है। लक्ष्य कारण के कारण ही प्लेटो का सृष्टिविज्ञान प्रयोजनमूलक है। प्रकृति अथवा प्रकृति की शक्ति को प्लेटो समस्त सन्तति का आश्रय तथा उसकी धात्री कहता है। उनके अनुसार यथार्थवाद की जहॉ तक यथार्थ जगत को सर्वथा देश और काल के ऊपर है। एक ऐसी यथार्थता जो वर्णविहीन है आकृतिरहित तथा र्स्पश के अयोग्य है जो केवल मन के लिए दृश्य है जो आत्मा का स्वामी है।[५३] यहॉ प्लेटो तत्त्वो के अनेकत्व मे विश्वास करता है। प्लेटो के दर्शन मे ईश्वर के अतिरिक्त दो तत्त्व– प्रत्यय और द्रव्य मिलते है। लेकिन प्लेटो की दार्शनिक विवेचना मे ईश्वर निमित्त कारण प्रत्यय स्वरूप कारण और शुभ लक्ष्य कारण एक ही परमतत्त्व के विभिन्न सदर्भो मे किया गया वर्णन मात्र है। अत प्लेटो का कारण सिद्धात द्वैतवाद पर आधारित है जो अरस्तू के दर्शन मे स्पष्ट होता है।

अरस्तू के दर्शन मे कारणता सिद्धात अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्लेटो के द्वारा कथित चारो कारण निमित्त उपादान स्वरूप और लक्ष्य कारण की व्यापक विवेचना करता है । उक्त चारों कारणो को द्रव्य– उपादान कारण ओर आकार–निमित्त स्वरूप ओर लक्ष्य कारण इन दो तत्त्वो मे ही सीमित कर देता है। उनके अनुसार ओपचारिक ओर अन्तिम कारण तादात्मयक है । आकारिक कारण किसी वस्तु का सत्व सप्रत्यय या प्रत्यय अन्तिम कारण उस वस्तु के प्रत्यय की वास्तविकता मे परिणित होता है । इसी प्रकार निमित्त कारण और अन्तिम कारण मे भी तादात्म्य है। निमित्त कारण सम्भूति का कारण है और अन्तिम कारण इस सम्भूति का अन्त अर्थात लक्ष्य सभी वस्तुए अपने अन्त को प्राप्त करने का प्रयास करती है। प्रकृति जड है। यद्यपि उसमे ऐसा कोई मरितष्क नही है जिसके अन्त का ज्ञान प्रत्यक्ष रूप मे हो सके। किन्तु फिर भी प्रकृति अन्त की ओर अग्रसर हो रही है और अन्त ही उसकी गति का कारण है। यहॉ तीनो ही कारण आकार के प्रत्यय मे विलीन हो जाते है। इस प्रकार अन्तत भौतिक अर्थात उपादान कारण रूप द्रव्य ही शेष बचता है।[५४]

अकार के सिद्धात मे आकारिक अन्तिम और निमित्त तीनो कारण विद्यमान है अत ईश्वर ही तीनो कारण है, आकार ही वास्तविकता है। इसलिए विकास के सोपान के शिखर पर स्थित ईश्वर ही एक मात्र पूर्ण रूप से वास्तविक है । ईश्वर समस्त गति और सम्भूति का अन्तिम कारण है यही आदि प्रवर्तक है किन्तु स्वय अपरिवर्तित है। सृष्टि प्रयोजनमूलक है आकार ही अन्त अर्थात उद्देश्य होने के कारण सृष्टि मे पूर्व ही विद्यमान थी परम आकार ही इसका अन्त है किन्तु इसकी प्रप्ति कभी नही हो सकती, अत जगत का अन्त कालातीत है।[५५] अरस्तू के अनुसार समस्त दृश्य जगत निरकार द्रव्य और द्रव्यहीन आकार है दोनों के मध्य स्थित है। जगत की विभिन्न वरतुए निराकार द्रव्य से द्रव्यहीन आकार की ओर क्रमश विकास का परिणाम है। अत सृष्टि–प्रक्रिया अर्थात द्रव्य का आकार के रूप मे परिवर्तन तत्त्वता सोद्देश्य है। प्रकृति मे उद्देश्य है इसका यह अर्थ नही है प्रकृति अपना उद्देश्य जानती है। दूसरी ओर ईश्वर एक अस्तित्वमूलक चेतन प्राणी नही है क्योंकि वह कभी भी प्राप्त नही है। अर्थात प्रकृति की जितनी भी क्रियाए है वे सभी ही बुद्धि द्वारा ही की जाती है। किन्तु अस्तित्वमूलक यह चेतन बुद्धि द्वारा नही। दूसरे शब्दो सहज प्रकृति और गुरुत्वाकर्षण आदि यात्रिक शक्तिया तत्त्वत बुद्धि ही है।

किन्तु इसका तात्पर्य यह नही कि बुद्धि द्वारा उनकी सृष्टि हुइ हे। बल्कि यह है कि वे बुद्धि ही है जो अपने को निम्न रूपो मे अभिव्यक्त कर रही ह। प्रकृति का अजैविक है। अत उसे यह ज्ञात नही है। उसकी क्रियाए बौद्धिक है। अत वह अपने कार्यों को सहज प्रवत्यात्मक ओर यात्रिक ढग से कर रही है जो बुद्धि के निरन्तर रूप हे प्रकृति सृष्टि प्रक्रिया मे आकार सदैव प्रेरणा प्रदान करती है और द्रव्य अवरोध उत्पन्न करता हे। अत जगत मे व्याप्त गति आकार द्वारा द्रव्य को परिवर्तित करने का प्रयास मात्र हे।[५६]

साख्य का पुरुष अरस्तू के ईश्वर से भिन्न नही हे। यद्यपि अरस्तू का मत है कि ससार के प्रारम्भ मे गति देने वाला एक सर्वशक्तिसम्पन ईश्वर हे तो भी ससार के कार्यकलाप मे ईश्वर का कोई अशदान नही है इसको वह नही मानता । अरस्तू के अनुसार ईश्वर विचारमग्न सत्ता जो अपने अन्दर ही सीमित है ओर इसलिए वह न तो विश्व के प्रति किसी प्रकार का कार्य कर सकती है और न उसकी ओर कुछ ध्यान ही दे सकती हे । वह सर्वप्रथम गति देने वाला ईश्वर है जिसके सम्बन्ध मे कहते है कि वह स्वय ऐसा उद्देश्य हे कि जिसकी प्रप्ति के लिए प्राणी मात्र पुरुषार्थ करता है ससार को गति देते है किन्तु ससार उसके कार्य से किसी भी प्रकार से निर्धारित नही होता है यदि वह सासारिक व्यापारो की भिन्नता करे तो उसके ईश्वरीय अस्तित्व की पूर्णता ही नष्ट हो जाती हे । इस प्रकार ईश्वर विशुद्ध विज्ञान रूप है और स्वय अचल है मात्र अपने अस्तित्व से ससार को गति देता है तत्पश्चात वस्तुओ का विकास अपने–अपने स्वभाव के कारण होता है किन्तु साख्य मे पुरुष की प्रकृति से बाह्य कहा गया है किन्तु बुद्धिगम्य नही। अत दोनो का सबध एक रहरय हे।[५७]

सेंट थामस एक्जीनस के कारणता सिद्वात मे ईश्वर को परमकारण माना गया है । उसके अनुसार जगत मे गति और परिणाम है। गति ओर परिणाम का प्रथम कारण न मानने पर अनवस्था दोष हो जाता है। अत आदि करण ईश्वर हे । इसी प्रकार प्रकृति का प्रत्येक पदार्थ सभाला है अत कोई न कोई अनिवार्य सत सत्ता अवश्य होगी और वह ईश्वर है । प्रत्येक कार्य का कारण उपादान तथा निमित्त दोनो होता है कोई भी उपादान बिना किसी निमित्त कारण की सहायता के किसी कार्य मे पाणित नही होता है। निमित्त कारण श्रृखला का आदि कारण ईश्वर है।[५८]

देकार्ट कारण–कार्य के सबध मे परम्परावादी ह। इनके अनुसार ईश्वर ही जड ओर चेतन के बीच सबध का आधार है। प्रत्येक कार्य–कारण श्रृखला का चाहे वह जड वस्तुओ के बीच मे हो अथवा चेतन वस्तुओ के बीच अथवा उन दोनो के मध्य हो इनका आकार ईश्वर है केवल ईश्वर मे ही कार्यात्मक शक्ति है देकार्ट के अनुसार कार्य मे ऐसा कुछ भी नही हो सकता जो कारण मे पहले से ही विद्यमान हो। यह निगमानात्मक शेली की पूर्व मान्यता पर आधारित है। जिसके अनुसार निष्कर्ष अपने आकार वाक्य मे विद्यमान होता है। इस प्रकार कार्य पूरी तरह से अपने कारण पर निर्भर होता है किन्तु समय के सम्बन्ध मे कार्य का पूर्ववर्ती होना अनिवार्य नही है। अत देकार्ट कार्य–कारण मे अनुवर्ती पूर्ववर्ती का सबध नही स्वीकार करते। यहॉ वे कार्यसिद्धात मे काल के प्रत्येक खण्ड को एक दूसरे को पूर्णत भिन्न तथा पृथक मानते है। यही कारण है कि देकार्ट को भौतिक घटनाओ की व्याख्या के लिए सहयोगवादी मत को स्वीकार करना पडता है।[५६]

स्पिनोज भी देकार्ट के कारण–कार्य के निगमनात्मक सबध को स्वीकार करते है। द्रव्य या ईश्वर सर्वथा निरपेक्ष है यह जगत का स्वतत्र कारण हे। द्रव्य को स्वतत्र कारण के रूप नेचर नेचूरस कहा गया है। ईश्वर अपरिवर्तनशील होते हुए भी जगत का कारण है । ईश्वर ब्रह्म नही अर्न्तयामी कारण है। ईश्वर मे बुद्धि ओर इच्छा का द्वैत नही है। ईश्वर द्वारा अच्छी या बुरी सृष्टि मानना ईश्वर की सम्पूर्णता का परिचायक हे न कि उसकी पूर्णता का । यही कारण है कि ईश्वर विकल्प प्रस्तुत नही करता । ईश्वर मे इच्छा स्वाज्य न होने का अर्थ है सृष्टि प्रयोजनात्मक नही है । क्योकि प्रयोजनवाद को स्वीकार करने पर प्रयोजन अर्थात शुभ ईश्वर से भी ऊपर माना जायेगा । यदि वह क्रियाशील हे तो अपने स्वभाव के कारण यही उसकी स्वतत्रता है। ईश्वर पूर्ण और एकमात्र कारण हे। अत जिस प्रकार ईश्वर की सत्ता किसी उद्देश्य से नही होती उसी प्रकार ईश्वर का कार्य भी किसी प्रयोजन से नही होता।[६०]

लाइबनित्स का कारणता सिद्धात पर्याप्त कारण का नियम है जिसके अनुसार किसी वस्तु की सत्ता सिद्ध करने के लिए पर्याप्त कारण का होना आवश्यक है। विश्व कारण–कार्य की श्रखला है किन्तु आदि कारण स्वयभू ओर अकारण हे । अनिवार्य शक्ति अविरोध के नियम

और सम्भाव्य शक्ति पर्याप्त कारणता सिद्वात पर आधारित हे ईश्वर ही अनेक सम्भावनाओ मे से ही किसी एक को सभव बनाता है।[६१] प्रकृति का अचेतन किन्तु अन्तस्थ हेतु विज्ञान जो लाइबनित्ज के पूर्व स्थापित समाज्सय के सिद्धात का स्मरण करता है। यह एक दुरूह स्थित है कि कैसे प्रकृति का विकास पुरुषो के आवश्यकता के अनूकुल हो जाता है दोनो को एक दूसरे से नितात विलक्षण मानना कठिन है। वास्तव मे पुरुष भूलवश प्रकृति के साथ सयोग कर लेता है और उसके प्रतिकार का उपाय इस समस्या ओर अधिक बढा देता है । ऐसा मत है कि बुराई उसका पूर्ण उपभोग करके दूर करना चाहिए। अत पुरुष को मोक्ष तभी प्राप्त होगा जब इसे प्रकृति के कार्यकलाप से सर्वथा विरक्ति हो जायेगी।[६२]

लॉक के कार्य–कारण नियम मे शक्ति की धारणा मिलती है जिनमे कुछ विशेष प्रकार के सबध का समावेश है। यहॉ शक्ति के दो प्रकार है– सक्रिय तथा निष्क्रय। सक्रिय शक्ति ही कारणात्मक क्रिया है लॉक के अनुसार एव कार्यणात्मक क्रिया का स्वरूप अत अनुभुति द्वारा जाना जा सकता है। लेकिन बाह्य विश्व के सबध मे लॉक अज्ञेयवादी है । अत बर्हिमुखी कारण सबधो के विषय मे जितने अनभिज्ञ है उतने ही अज्ञान हम पदार्थों के सार्वभौमिक सत्य के विषय मे। लेकिन लॉक यह दावा करता हैं कि प्रकृति विज्ञान निश्चित ज्ञान नही देता वह सम्भावित ही होता है। वह कहता है कि प्रत्येक वस्तु का जिसका प्रारम्भ होता है कोई न कोई कारण अवश्य होना चाहिए और हमारा सकल्प व्यापार कारण प्रक्रिया का अनुभव का श्रोत है।[६३]

बर्कले कारणता सिद्धात के अर्न्तगत कहता है कि प्रत्ययो का कारण आत्मा है। उत्पन्न करने की शक्ति अथवा वास्तविक कारणतत्त्व केवल आत्मा मे ही है । आत्मा के अतिरिक्त अन्य कोई सत् सक्रिय नही होता। यहॉ प्रश्न उठता है कि यदि वस्तुए प्रत्यय है तथा प्रत्यय होने के कारण आत्मा के द्वारा सृष्ट है तो ऐसा नही कि ससार उस के विविध प्रपच मेरे मन की परिधि मे सीमित है। किन्तु बर्कले दृश्य या प्रत्यय के अस्तित्व के सबध मे कहता है कि यदि मै उसका प्रत्यक्ष नही करता हूँ तो अन्य प्रत्यक्ष करता है ओर यदि कोई भी नही करता तो परमात्मा उसका प्रत्यक्ष करता है।[६४] बर्कले के कारणता सम्बन्धी सिद्धात मे एक विशिष्टता है जिसके अनुसार कारणत्व की क्षमता केवल सकल्प युक्त आत्मा मे ही है। किन्तु ससीम्म आत्माए भी परमात्मा

की सृष्टि है। अत स्पष्ट है कि कारण केवल एक ही है और वह स्वय परमात्मा है उसके अतिरिक्त अन्य सभी कार्य मात्र है । बर्कले मानते हे कि ऐसा कहना ठीक नही है कि अग्नि ताप उत्पन्न करती है बल्कि यह कहना ठीक है कि ताप अग्नि का चिन्ह है और यही कहना तर्क सगत और वैज्ञानिक भी है । यहॉ बर्कले कारण शब्द का प्रयोग निमित्त अर्थात सोदेश्य कारण के रूप मे करता है जोकि उसकी धार्मिक आस्था के अनुरूप हे अन्यथा इस धारणा के परिणति ह्यूम के सदेहवाद मे ही होगी।[६५]

सन्देहवादी ह्यूम ने कारण–सिद्धात को खण्डित कर विज्ञान जगत को हिला दिया था क्योंकि वे इसे सश्लेषणात्मक अवधारणा मानते थे। जिसके अनुसार कार्य अभिव्यक्त होने के पूर्व अपने कारण मे विद्यमान नही रहता। अत कार्य एक नूतन अभिव्यक्ति है। किन्तु काट ने कारण–कार्य नियम की स्थापना करते हुए इसे विश्लेषणात्मक माना ।

प्रत्येक कार्य का कोई न कोई कारण होता है। सृष्टि भी एक कार्य है जिसका कारण ईश्वर माना जाता है। पर यह स्वय स्वयभू ओर अकारण है। लेकिन काट ऐसी कारण सबधी मान्यता का खण्डन करता हुआ कहता है कि कारण–कार्य बुद्धि विकल्प है यह एक व्यावहारिक मान्यता है । इसीलिए यह पारमार्थिक विषयो पर लागू नही होता है। सृष्टि के सबध मे काट का मत है कि सृष्टि कल्पना मात्र अर्थात प्रत्यय मात्र हे। प्रत्ययो को जब वस्तु मान लेते है तभी विरोधाभास उत्पन्न होते है। जिसे काट सृष्टि विज्ञान सबधी विरोध कहता है जैसे यदि यह मान ले कि जगत की उत्पत्ति स्वतत्र कारण से हुई है तो अनवस्था दोष से बचने के लिए हम आदि कारण अर्थात् स्वतत्र कारण को स्वीकार करते हे किन्तु ऐसा स्वतत्र कारण स्वय अकारण होगा। परन्तु अकारण कोई घटना नही होती क्योंकि ऐसी वस्तु अनुभवातीत होगी जो हमारे अनुभव का विषय नही होगी और तब हम उन पर बुद्धि विकल्पो को लागू नही कर सकते है।[६६]

काट कारण कार्य सिद्धात को दोषपूर्ण मानते है। उनके अनुसार एक अतीद्रिय सत्ता को व्यावहारिक और ऐन्द्रिक जगत का कारण नही कहा जा सकता है । अत काट कहते है कि आपातिक जगत की सत्ता को आधार पर हम अनिवार्य अतीन्द्रिय सत्ता को नही प्राप्त कर सकते। यद्यपि आपातिक घटनाए अनिवार्य सत्ता की ओर सकेत करती है। किन्तु इससे यह सिद्ध नही

होता कि अनिवार्य सत्ता की वास्तविकता है। अनिवार्य सत्ता केवल प्रत्यय मात्र है अत प्रत्यय के आधार पर वास्तविकता स्थापित नही हो सकती। दूसरे एक पूर्ण और निरपेक्ष सत्ता किसी अन्य वस्तु के अस्तित्व को स्वीकार नही करती क्योकि ऐसा न मानने पर कारण–सिद्धात उभयतो पास को प्राप्त होता है। इस प्रकार काट कारणता सिद्धात के आधार पर जगत के मूलतत्त्व को सिद्ध करने का विरोध करते है।[६७]

साख्य और काट दोनो ही मे इस प्रपचमय जगत का निर्माण अतीनद्रिय विषयी अर्थात पुरुषो तथा विषय या प्रकृति के सहयोग से हुआ हे। दोनो ही परलोक मे आत्माओ की स्वाध ीनता को रवीकार करते है और प्रकृति के अस्तित्व को भी । क्योंकि विषयी अपनी निष्क्रियता के कारण अपनी सवेदनाओ को उत्पन्न नही कर सकता। दोनो के अनुसार हम ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध कर सकते है।[६८] फिक्टे कारणता पद का प्रयोग काट से सर्वथा भिन्न अर्थ मे करता है फिक्टे के सबध मे कारणता पद स्वतत्र क्रिया सामर्थ्य या परिवर्तन घटित करने की योग्यता का वाचक है। जबकि काट मे यह कारण्ता से अतिक्रामी है और इसी से स्वतत्र क्योंकि कारणता काट मे प्रातिभसिक जगत की एक विकल्पमूलक वर्गणा है । किन्तु यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि काट क्रिटिक आय प्रैक्टीकल रीजन मे कारणता का प्रयोग इस अर्थ मे भी किया है इसे वह काजा नाउमिना कहता है।[६९]

हेगेल परम्परागत कार्य–करण नियम की आलोचना करता है। उसके अनुसार कारण–सिद्धात के अर्न्तगत ससार की कोई भी घटना अकरण नही घटती है। किन्तु हेगेल कहता है कि ऐसा मानने पर परमकारण जो अकारण है की धारणा ठीक नही होगी । अत अनवस्था दोष बचने के लिए विश्व की व्याख्या करने के लिए किसी एक तत्त्व को परमकारण मानना तर्कसगत नही है । हेगेल के अनुसार परमतत्त्व का तार्किक स्वरूप सभव है। विश्व का परमतत्त्व कोई कारण नही वरन तर्क है। इसका विश्व कार्य नही अपितु निषकर्ष है। हेगेल परमतत्व और विश्व मे आधारवाक्य और निष्कर्ष का सबध मानते है। अत दोनो मे तार्किक अनिवार्यता का सबध है। परमतत्त्व वस्तु नही विज्ञान हे । वरतुए भौतिक और अभौतिक दोनो है। यह दैशिक–कालिक सत्ता होने से अनित्य ओर परिणामी है। जबकि विज्ञान देश–काल से

परे नित्य और अपरिणामी विज्ञान विशेष नही सामानय हे। व्यक्ति मरता है जाति तो नित्य है। यह विज्ञान ही विश्व के सर्वप्रथम सिद्धात है । विज्ञान स्वत साध्य है अत हेगेल का विज्ञान निरपेक्ष विज्ञान है किन्तु हेगेल के विज्ञान वस्तुओ से पृथक नही है। हेगेल विज्ञान को वस्तु मे अनुस्यूति मानता है क्योंकि विज्ञान वस्तु के धर्म हे। दूसरे शब्दो मे विज्ञान मूर्त सामान्य है अर्थात् समान्य–विशिष्ट–विशेष है । यही हेगेल का परमतत्त्व है।[७०]

हेगेल सृष्टि वर्णन करते हुए मानते है कि विज्ञान जो कि अमूर्त है। किन्तु वे अपने आप मे अमूर्त रूप मे नही रह पाते। अमूर्त मे मूर्त अन्तनिहित हे और अमूर्त सृष्टि प्रकिया द्वारा अपने मूर्त रूप को अभिव्यक्त करता है । यही प्रकृति के रूप मे अभिव्यक्त होता है इस प्रकार आतरिक विज्ञान का बाह्य रूप है । प्रकृति वर्णन मे हेगेल देश को पक्ष मानते हुए ससार से सभी पदार्थों को इस अनत दिक के परिणाम दिक रिक्त ओर अमूर्त है। शुद्ध विज्ञान के समान इसका कोई स्वरूप नही है। दिक सृष्टि प्रकिया के निम्नतर स्तर पर ओर आत्म जगत उच्चतम् स्तर पर है । प्रकृति की सभी वस्तुए इन दोनो के बीच हे। हेगेल के अनुसार सतत विकास निम्न से उच्च की ओर अग्रसर होती है। सम्पूर्ण जगत चेतना का विकास है।[७१]

हेगेल का विश्व विकासात्मक रूप मे विद्यमान है । निरपेक्ष विज्ञान अर्थात ईश्वर द्वारा विश्व की रचना होती है । ईश्वर और विश्व अभियोज्य सबध है अर्थात् विश्व ईश्वर का ही रूप है । विश्व की विशिष्ट वस्तुओ मे इस परमतत्त्व के विकास का स्तर अवश्य भिन्न है । यथा भौतिक वस्तुओ पेड पौधो पशु पक्षियो तथा मनुष्यो मे परमतत्त्व का क्रमश उत्तरोत्तर अधिक विकास हुआ । अत यह बिना ईश्वर के विश्व सम्भव नही तो बिना विश्व के ईश्वर भी सम्भव नही है। सामान्य प्रत्यय अर्थात् मूल धारणाए (कटेगरीज) ही वस्तु है। कार्य कारण की मूल धारणा ही है। हेगेल कहता है कि चित ओर सत अर्थात बोध और सत्ता दोनो एक ही है। अब हेगेल के विज्ञान विचारनिष्ठ मूल धारणाए हे जो तार्किक सत्ता कहलाती है। यद्यपि यह प्रयोजनमूलक रचना है।[७२]

ब्रैडले के अनुसार कार्य–कारण भाव वस्तुत समय के अन्दर हो रही परिवर्तन सम्बन्धी

निरन्तर प्रक्रिया की पुनर्रचना है। पृथक अवस्थाओ का परस्पर मिलना और प्रक्रिया का प्रारम्भ इनके बीच कही कोई विराम या अन्तरावकाश नही है। कारण और कार्य मे काल को लेकर भेद नही किया जाता उसमे काल सम्बन्धी भेद केवल कल्पनात्मक है। क्योंकि यदि कारण सेकेण्ड के एक अश भर भी रहा तो अनन्त काल तक भी रह सकता है। कार्य–कारण भाव का सूत्र एक कल्पनात्मक एकता है। जिसकी खोज और जिसका निर्माण हम परिवर्तनो से निरन्तर क्रम मे करते है। किन्तु उस क्रम के प्रवाह मे इसकी कोई वास्तविक सत्ता नही है। पर यह पहले व्याप्तियों के जगत मे रहता है।[७३] इसी सम्बन्ध मे व्हाइटहेड का मत है कि घटनाओं के विषय मे हमे ऐसा विचार नही करना चाहिए कि वे एक प्रस्तुत समय मे एक प्रस्तुत देश मे घटती है और प्रस्तुत स्थायी सामग्री मे हुये परिवर्तनों वाली है। काल–देश और सामग्री घटनाओं के सहायक है। सापेक्षता की पुरानी प्राकल्पना के आधार पर काल और देश सामग्री के मध्यगत सम्बन्ध है। हमारी प्रकल्पना के आधार पर वे घटनाओ के मध्यगत सम्बन्ध है। अत ब्रैडले के अनुसार परमकारण अपने मूलस्वरूप मे सम्बन्ध निरपेक्ष निर्गुण और निर्वैयक्तिक सत्ता है। हमे जिस जगत का ज्ञान होता है वह सत नही आभास मात्र है। चूँकि ब्रैडले विज्ञानवादी है। अत उनके मत मे जगत भौतिक नही आध्यात्मिक है।[७४]

बर्गसा के अनुसार सृजन का मूल आधार प्राणतत्त्व जिसे बर्गसा ईश्वर भी कहता है। जिसमे कोई भी पूर्वनिर्मित वस्तुए विद्यमान नही है। वह अविछिन्न जीवन प्रक्रिया और स्वातत्र्य है। सृष्टि कोई रहस्य नही है। वस्तुत जड और चेतन दोनों का स्रोत एक ही है। यद्यपि हमें जगत मे दो परस्पर विरोधी शक्तिया दिखाई देती है, एक है एकीकरण और सगठन और दूसरा है विभेदीकरण और विघटन । ससार में सबकुछ गतिशील प्रवाहमान और परिवर्तनशील है। यहॉ बर्गसा का मत है कि गति और परिवर्तन की समुचित व्याख्या उसी तत्त्व के द्वारा की जा सकती है। जो नित्य होने के साथ सतत् परिवर्तनशील हो और ऐसा तत्त्व है प्राणतत्त्व। सृष्टि की निष्पत्ति प्राणतत्व के द्वारा ही होती है जो स्वतत्र रूप मे स्वय को विभिन्न दिशाओ के विविध प्रकार से अभिव्यक्त कर सतुलन और समन्वय स्थापित करने की चेष्टा करता है जैसे की एक ही कोशाणु विभाजित होकर अनेक कोशिकाओं को उत्पन्न करता है। अत सृष्टि के भीतर समन्वय इसलिए नही होता कि उसके भीतर सभी वस्तुए किसी एक ही लक्ष्य की ओर सचेष्ट

प्रक्रिया करती है। बल्कि समन्वय का कारण है कि सभी वस्तुए एक ही प्राणशक्ति की विभिन्न अभिव्यक्तियाँ है।[७५]

व्हाइटहेड के कारणता सिद्धात मे मूलकारण ईश्वर वैचारिक कोटि व्यवस्था का ही एक अग है। जिसका सत् तथा जगत प्रक्रिया की व्याख्या मे अपना अनिवार्य स्थान है। सत् का मूलस्वरूप सृजनात्मक है। सत प्रवाह की इकाई वास्तविक तत्त्व है। जगत प्रक्रिया वास्तविक तत्त्व तथा शाश्वत वस्तु के सहयोग से चलती है। इस प्रकार सृष्टि प्रकिया ईश्वरीय अनुभव केन्द्र में चलती है। हर क्षण की सृष्टि ईश्वरीय अनुभव का अग है। जहाँ पर उसे नई सभावना का नई शाश्वत वस्तु का रूप मिलता जो दूसरे अग की सृष्टि में व्यक्त होती है। इस तरह ईश्वर भी सृष्टि प्रक्रिया का अग है। अत जैसे हर क्षण मे नये-नये रूप लेते हुए जगत प्रक्रिया प्रवाहित होता हुआ अग्रसर है। ईश्वर का स्वरूप कोई पूर्णतया निश्चित स्वरूप नही है वह भी सृजनात्मकता का अग है। व्हाइटहेड के मत मे जगत-सम्बन्धी तात्त्विक विचार आगिक दर्शन पद्धति का है जगत हर क्षण सृष्टि की निरन्तर प्रवाह है। इस प्रवाह का अनिवार्य अग सृष्टिकर्ता ईश्वर भी है।[७६]

आधुनिक वैज्ञानिक न्यूटन ने जगत को प्राकृतिक नियमो के द्वारा सचालित माना है। उनके अनुसार ईश्वर एक बार सृष्टि की रचना कर उसे जो प्रक्रिया प्रदान करता है। उसमे वह बार-बार हस्तक्षेप नही करता इस प्रकार न्यूटन का विचार तटस्थेश्वरवादी विचार का पोषक है लेकिन जॉन हिक[७७] के मत मे विश्व-रचना-सम्बन्धी सिद्धात में रचना का जो अर्थ है वह सामान्यत पहले से विद्यमान सामग्री को नये रूप प्रदान करना मात्र नही है। अपितु इसका तात्पर्य है कि अभावसे रचना करना अर्थात अपनी इच्छानुसार सृष्टि को तब अस्तित्व में लाना जब केवल ईश्वर की सत्ता थी परन्तु जार्ज गैलोवे[७८] इससे सहमत नही है। अपितु उसके अनुसार अभाव से सृष्टि-सम्बन्धी विचार मे व्याधात निहित है । वस्तुत जब हम रचना करने की बात करते है तो हमारे लिये मानवीय क्रिया से प्राप्त उदाहरणो और अनुभवो को छोडना बिल्कुल असम्भव है। किन्तु यह भी सच है कि इनके द्वारा इस बात की समुचित व्याख्या नही हो सकती कि स्वय इस विश्व की उत्पत्ति कैसे हुई है ?

(III) सृष्टि-विकासवाद

साख्य दर्शन के विकासवाद मे दो तत्त्व माने गये है। एक प्रकृति जिसका सम्पूर्ण विश्व परिणाम है ओर दूसरा पुरुष जिसका विश्व प्रक्रिया के विकास मे कोई महत्वपूर्ण योगदान नही है। पुरुष की सन्निधि मात्र से प्रकृति चेतन की भाति प्रवृत्त होने लगती है तब प्रकृति के तीनो गुण तीन भिन्न प्रकार से क्रियाशील होते है। इसी विजातीय परिणाम का फल सृष्टि रचना है। साख्य को गुण–गुणी का भेद मान्य नही है। गुणी अथवा द्रव्य के एक विशेष प्रकार से क्रियाशील होने को ही गुण कहा जाता है।[७९] इस प्रकार गुण साम्य के कारण जब वह अव्यक्त होती है तब प्रलय होती है। गुण वैषम्य के कारण जब वह व्यक्त होती है तब उससे इस विविध विश्व का विकास होता है। साख्य दर्शन के अनुसार विकास प्रकिया मे साम्यावस्था मे वैषम्यावस्था अविशेष भावों से विशेष भावों का और अयुत्सिद्ध अव्यवयों समूहों से अयुत्सिद्ध अवयवों समूहों का उदय होता है।[८०] साख्य दर्शन के विकासवाद में दो बाते महत्वपूर्ण है पहली की साख्य देश–काल आदि पदार्थों की पृथक् या रवतत्र सत्ता नही मानता अपितु ये सभी प्रकृति के ही परिणाम है। दूसरा की भोतिक जगत की व्यष्टियॉ ही नही मनोवैज्ञानिक अर्थात मानसिक जगत की व्यष्टियॉ भी प्रकृति के ही दूरवर्ती परिणाम है।

रपष्ट है कि साख्य दर्शन प्रकृति की निरन्तर परिणमनशीलता को स्वीकार करता है। जो रजस गुण की रवाभावत गतिमयता के कारण है।[८१] साख्य में किसी अपूर्व की कल्पना नही की गई है वह किसी ईश्वर को भी नही मानता विश्व–प्रक्रिया अपने मे पूर्ण और निरपेक्ष है तथा उसमे घटित होने वाली प्रत्येक घटना का कारण उसके अतीत मे है। अत यहॉ यात्रिकवाद का आभारा होता है किन्तु ऐरा नही है। क्योकि साख्य मे प्रकृति का विकास पुरुष की मुक्ति के लिए होता है। अत साख्य का सृष्टि–विकासवाद कैवल्यार्थम् होने से सप्रयोजन है।[८२]

साख्य जगत के सर्वोच्च तत्त्व का विचार एक ऐसे एकत्व के रूप मे करता है जिसका तत्त्वो के साथ यथार्थ विरोध है। एक अमूर्त इकाई को या तो निरतर क्रियाशील या निरन्तर निष्क्रिय होना चाहिए। प्रकृति स्वरूपत अस्थिर नही है। अत इसे अनिवार्य रूप से भिन्न–भिन्न

होने की आवश्यकता नही है। प्रकृति जो अपने अन्दर सब वस्तुओं की सम्भावनाओ को धारण करती है । विचार के उपकरणों के रूप में और विचार के विषयो के रूप मे विकसित होती रहती है। यहॉ वरतुए सदा उत्पन्न की जाती है किन्तु नये रूप मे उत्पन्न नही होती उत्पत्ति केवल अभिव्यक्ति मात्र है और विनाश तिरोभाव मात्र है। उक्त दोनों प्रतिक्रियाकारी शक्तियो की अनुपस्थिति तथा उपस्थिति पर निर्भर करते है। बाधाओ के हटने पर ही वस्तुए अभिव्यक्त होती है। जो अभिव्यक्त होता है वह सत्त्व का रूप है। अभिव्यक्ति का कारण रजोगुण है तमस बाधा है। जो सत्त्व की अभिव्यक्ति के मार्ग मे उपस्थित होती है। जिस पर विजय प्राप्त करनी है।[८३]

पूर्व सुकरातवादी ग्रीक दर्शन मे एक ऐसी विचारधारा मिलती है जिसमे नित्य परिणामिकता (बिकमिग) को नित्य सत्ता (बिइग) से उच्च स्थान दिया गया है इस परम्परा का प्रमुख दर्शन हेराक्लाइटस था। उसने पारमेनिडीज की एक अनादि अपरिवर्तनशील सत्ता की धारणा और जीनो द्वारा गति और गत्यात्मकता के विरुद्ध की गई आलोचनाओं का प्रबल विरोध किया था। इसी को लम्बे अन्तराल के बाद बर्गसा ने जिस परिवर्तन की धारणा को स्वीकार कर एक नई दिशा दी ।[८४]

अरस्तू के अनुसार प्रत्येक वस्तु का एक एक रवाभाविक पूर्ण या विकसित आकार अथवा रूप है और प्रत्येक वस्तु उसी आकार को प्राप्त करने की क्रिया मे लगी हुई है। विश्व मे समस्त पदार्थ अपने–अपने आदर्श आकारों की ओर विकसित होती है। प्लेटो के विरूद्ध अरस्तु का मत है कि भौतिक द्रव्य अर्थात उपादान और उसका आकार अलग–अलग नही है। आकार वस्तु के उपादान मे रहता है और स्वय वस्तु इस आकार को अभिव्यक्त करने अथवा प्राप्त करने का लगातार प्रयास करता है। जिसे हम वस्तु या पदार्थ कहते है वह बीजभाव से वास्तविकता या वास्तविक भाव की ओर सक्राति या सक्रमण–क्रिया है। बीज भाव से वास्तविकता की ओर सक्रमण के लिए एक ऐसे पदार्थ की सहायता अपेक्षित होती है जो स्वय वास्तविकता रूप है। वास्तविकता की सहायता से ही बीज भाव वास्तविक बनता है। अरस्तू के दर्शन मे विकास का अर्थ उन्नति या प्रगति नही है। उराका अर्थ केवल प्रकिया विशेष का पूरा होना है। विश्व प्रक्रिया अपने को पूर्ण करने मे अवश्य लगी हुई है किन्तु जिस पूर्णता की प्राप्ति उसका लक्ष्य है उसे

एक उच्चतर दशा नही कह राकते। इस प्रकार अरस्तू का विकासवाद सप्रयोजन है।[८५] यहाँ अरस्तू के विकास मे भी साख्य के विकास की भाति विकास की प्रक्रिया में सब कुछ पूर्व से निहित है।

डॉ० सील[८६] के मत में प्रत्येक घटना मे तीन प्रकार के मूलतत्त्व है। बुद्धिगम्य सार शक्ति और घनत्व। निकट सयोग में ये वरतुओं के अन्दर अनिवार्य रचनात्मक अवयवों के रूप में प्रवेश करते है। किसी वस्तु का सार वह है। जिस रूप में वह अपने को बुद्धि के समक्ष अभिव्यक्त करती है और इस प्रकार की अभिव्यक्ति के बिना चेतनामय जगत में कुछ भी नही रह सकता किन्तु यह सारतत्व तीन लक्षणो मे से केवल एक है। यह न तो पुज को और न गुरूत्व को ध ारण करता है। न यह बाधा ही देता हे ओर न कोई कार्य ही करता हे। उसके बाद तमस का यह अश है जो पुज निष्क्रियता भौतिक सामग्री है। जो गति के मार्ग में तथा चेतनामय चितन के भी मार्ग मे बाधा देता है। किन्तु बुद्धि सामग्री तथा भौतिक सामग्री कोई कार्य नही कर सकती और अपने आप मे रचनात्मक क्रियाशीलता से रहित है। समस्त कार्य रजोगुण से होता हे जो शार्क का अश है और जो भौतिक द्रव्य की बाधा पर विजय प्राप्त करके बुद्धि को भी शक्ति प्रदान करता है जिसकी आवश्यकता इसे अपने चेतनामय नियमन और अनुकूलन के लिए होती है।

हेगेल के शब्दों म प्रकृति निषेधपरक अनिष्टसूचक शक्ति है जो ससार को अस्तित्व मे लाती है। यदि हम ऐसी खाई को लेकर चले जो भरी नही जा सकती तो ससार का एकत्व कभी बुद्धिगम्म न होगा। जैसे ही निरपेक्ष आत्मा एक प्रमेय के विषय अभिज्ञ होती है वह सर्वोपारि प्रमाता बन जाती है।[८७] प्रकृति को किसी अर्थ मे न तो एकत्व और न सामजस्य ही माना जा सकता है। यह मूर्त रूप सामान्य नही है जो भिन्न–भिन्न सत्ताओ के बधन मे एकत्व रखता है अथवा सत का नग्न एकत्व भी नही है जो न सबका लक्षण है। यह गुणों की एक क्षुब्धावस्था है प्रकृति के क्षेत्र मे व्यवस्था लाने तथा उसे सार्थक करने के लिए पुरुष की आवश्यकता है। प्रकृति के तीनो गुणों के धारण करने रो ही जगत का आत्मविरोधी स्वरूप प्रकट होता है क्योकि पूर्वता अथवा यर्थाथता वह है कि जिसमे तीनो गुणों के विरोध का दमन कर दिया गया है अथवा

उसका अतिक्रमण कर लिया गया है। किंतु प्रकृति का स्वरूप ऐसा नही है इसलिए यथार्थ नही है प्रकृति की प्रक्रिया की अन्तहीनता ही इसे अयथार्थ ओर सापेक्ष बना देती है।[८८]

फिक्टे के सिद्धात मे व्यावहारिक पक्ष विषयिता के परम सिद्धात के रूप मे परिणत हुआ। शेलिग व्यावहारिक तथा रसात्मक के महत्व को स्वीकार करते हुए भी फिक्टे के विरुद्ध प्रकृति को एक ऐसे रूप में ग्रहण करता है जिससे आत्मा की अभिव्यक्ति होती है। हेगेल इन सभी पक्षो को ग्रहण करता है और परम के एक ऐसे दर्शन को प्रस्तुत करता है जिसमे विषयीनिस्ठ तथा विषयनिष्ठ सवेदन तथा बुद्धि सैद्धान्तिक तथा व्यावहारिक सभी को परस्पर विरोधी होते हुए भी अनिवार्य रूप में लिया गया है जो सम्पूर्ण की गत्यात्मकता मूर्तता तथा उसकी प्राणवत्ता में योगदान करते है ।[८९] फिक्टे के सिद्धात सक्रियता के रूप मे अह तथा अनाह के बीच जो द्वैत उत्पन होता है । वह अपरिहार्य रहता है तथा परमहस का स्वरूप अन्तत अनुभव के परे रहता है।[९०]

शैलिग के मत मे सृष्टि का प्रारम्भ एक के द्वारा आत्मजनन की कामना अर्थात एकोऽह बहुस्याम् से होता है अथवा इस प्रकार कह सकते हैं कि अतल अर्थात आधार आदि असत् में प्रकट वासना के स्पन्दन होता है। दूसरा प्रारम्भ प्रेम के सकल्प से होता है जिसके द्वारा प्रकृति मे शब्द ब्रह्म (वर्ड) का विस्फोट होता है और ईश्वर अपना व्यक्तित्व देता है। साथ ही एक अद्वय सत् ही प्रकृति माया के अन्ध गह्वर मे और शाश्वत प्रकाश मे व्याप्त है एक ही सत् वस्तुओं की कठोरता और एकाकीपन को और उनके सम्मिलित और स्नेह को व्याप्त करता है एक ही सत् शुभ मे प्रेम के सकल्प के और रूप मे अध के क्रोध के रूप मे व्यक्त होता है। किन्तु इसका अर्थ यह नही समझना चाहिए कि अद्वय तत्त्व वस्तुत ही अपने को द्विधाविभक्त करता है। ईश्वर की आत्माभिव्यक्ति एक निर्धारित और यादृच्छिक क्रिया नही है बल्कि एक नैतिक रूप से अनिवार्य कर्म है जिसमे कि प्रेम तथा शिवत्व विजयी होते है।[९१] शैलिग की व्यवस्था में नेचुरान को साख्यिकीय प्रकृति नही कहा जा सकता क्योंकि उसकी पृथक सत्ता नही है। इसका स्वरूप मूलाविद्या या मूल माया के समान है। क्योकि ईश्वर एक है इसलिए जगत भी सभव्यत और वस्तुत एक ही होगा।[९२]

शैलिग के मत मे समग्रसत्ता अह तथा अनह प्रकृति के बीच विभक्त है फलत समस्या उनके समवय मे हैं। इस सम्बन्ध मे हेगेल को फिक्टे का मत उचित लगता है कि वाछित समवय सभव नही है। फिक्टे अह को प्रकृति के ऊपर मानता है। उसके अनुसार अह को विषय या वस्तु के रूप में नही अपितु परमह के रूप मे देखना चाहिए। यद्यपि अह को विषायिता स्वय उसके तथा विषयता के बीच समवय का माध्यम बन सकती है परन्तु इस बिदु को फिक्टे उसकी चरम तक नही ले जाता। फलत अह तथा अनह द्वैत बना रहता है परन्तु हेगेल अपरिहार्य द्वैत की उस स्थिति को स्वीकार नही करता। न ही शैलिग की अभद की अवधारणा उसे आकर्षक लगती है। हेगेल काट ही भॉति फिक्टे के असीम अहम के विषय मे कोई निरूपण देने को तैयार नही है। फिक्टे की तरह हेगेल द्वैत की वास्तविकता को स्वीकार करता है तथा ससीम अह के इस द्वैत के परिहार के सतत प्रयास के महत्व को भी स्वीकार करता है। परन्तु उसके मत मे असीम अहबोध से नितात परे नही है। दूसरी ओर शैलिग के साथ वह समवय की आधारभूत एकता के सिद्धात को भी नही मानता है परन्तु वह इस सिद्धात को बोध के भिन्न रूप में ग्रहण करता है।[६३]

विकास मे प्रत्येक अनुवर्ती अवस्था पूर्ववर्ती अवस्था का परिणाम है न केवल पूर्ववर्ती अवस्था का अतिक्रमण है आपितु साथ ही उसका सहार एव सरक्षण भी है। हेगेल कहता है कि इस आभ्यन्तरिक विकास की अन्तर्वस्तु अपने को आत्मचेतन मे अभिव्यक्ति करती है।[६४] अन्तिम सत्य को केवल द्रव्य नही अपितु विषयी के रूप मे देखना चाहिए। अर्थात् परमसत् जडवत् मृत अथवा निष्क्रिय न होकर असीम जीवन तथा आध्यात्मिकता से मुक्त है। किंतु अरस्तू के सबध मे हेगेल का मत इस अर्थ मे भिन्न है कि हेगेल ने चितन को एक परम सत् के रूप मे न देखकर उसे अन्तर्वस्तु के रूप मे देखने का प्रयास किया।[६५]

हेगेल ने विश्व–प्रक्रिया के समग्र भाव से नियमित होने पर बल दिया उनकी यह प्रकृति विज्ञान के अनुकूल थी। उनके अनुसार विश्व का सामान्य नियम द्वन्द्वन्याय है। निषेध स्वय व्यापकता को हटाकर सामजस्य रूप पूर्णता को प्राप्त करने के लिए है। अत असामजस्यपूर्णता या परम प्रत्यय को भी विश्व–प्रक्रिया का नियामक कहा गया है। क्योंकि परम प्रत्यय को भी विश्व

विकास का लक्ष्य अर्थात प्रयोजन कारण है।[६६] हेगेल के लिए निषेध निरपेक्ष रूप मे निषेध नही है अपितु किसी पूर्ण मे किसी अश का निषेध है। यही नही वह विशेषीकरण भी है। निषेध का जितना अस्वीकार है उतना ही स्वीकार भी है।[६७] निषेध का हेगेल की डायलोक्टिक मे प्रथम स्थान है। हेगेल के मत मे प्रकृति स्वरूप अर्थात अपने सम्बोध की दृष्टि से दिव्य है परन्तु अपनी सत्ता मे वह अपने प्रत्यक्ष के अनुरूप प्रतीत नही होती है।[६८] दिक् तत्त्व की पूर्ण अभिव्यक्ति तो तब होती है जब प्रकृति अपना अतिक्रमण कर आत्म् रूप को प्राप्त करती है। प्रकृति आत्म की पूर्वावस्था है स्वय आत्म नही चित्त स्वतत्रता का क्षेत्र है जबकि प्रकृति अनिवार्यता का।[६६] हेगेल के शब्दों मे प्रकृति निषेधपरक अनिष्टसूचक शक्ति है जो ससार को अस्तित्व मे लाती है। यदि हम ऐसी खाई बना ले जो भरी न जा सके तो ससार का एकत्व कभी बुद्धिगम्म नही होगा। ज्यो ही निरपेक्ष आत्मा एक प्रमेय के विषय मे आभिन्न होती है वह सर्वोपरि प्रमाता बन जाती है।[१००]

अरस्तू की तरह विश्व–ब्रहाण्ड विकास–प्रक्रिया है जो एक निश्चित दिशा की ओर बढ रही है। हेगेल के मत में विश्व मे तर्कबुद्धि अथवा बुद्धितत्त्व व्यापत है। अर्थात विश्व की हर एक घटना पूर्ण रूप से नियामित है। प्रत्येक घटना विश्व के अस्तित्व मे नियमो का पालन कर रही है। बुद्धि और विश्व मे ज्ञाता तथा ज्ञेय मे कोई द्वैत नही है वे दोनों ही एक बुद्धितत्त्व या तर्कबुद्धि की अभिव्यक्तियॉ है विश्व प्रक्रिया को विभिन्न कोटियो मे उसके विकास का क्रम व्यक्त करती है जो बुद्धितत्त्व विश्व–ब्रह्माण्ड मे व्यापत है वो एक सरल इकाई न होकर एक तत्र है। विश्व के बुद्धितत्त्व को हेगेल ने प्रत्यय अथवा परम प्रत्यय माना है समस्त अपूर्ण प्रत्ययो की परिसमाप्ति परम प्रत्यय मे होती है इसी परिसमाप्ति या पर्यवसान के लिए धारणाओं मे विकास होता है। एक अपूर्व धारणा का दूसरी आशिक पूर्ण धारणा से बाध्य हो जाता है और एक तीसरी धारणा में इन पहली विरोधी धारणा का सामजस्य हो जाता है। यह तीसरी धारणा भी आगे चलकर अपनी विरोधी धारणा को उत्पन्न करती और उनके सामजस्य के लिए फिर एक नवीन धारणा का उदय होता है। पक्ष प्रतिपक्ष और सम्पक्ष इस क्रम से धारणा जगत का विकास होता है मानवी चितन इस विकास प्रतिफलित करता है। परम प्रत्यय विश्व- प्रक्रिया का अमूर्तसार है वह विश्व की आत्मा है। परम प्रत्यय विश्व–प्रक्रिया मे बुद्धितत्त्व के रूप मे व्याप्त है। जिस प्रकार

धारणाये या प्रत्यय पूर्णता की ओर विकसित होती है उसी प्रकार विश्व की मूर्त व्यष्टिया भी पूर्णता की ओर अग्रसर हो रही है। धारणा जगत की भॉति प्रकृति जगत मे भी द्वद्व नियम का साम्राज्य है। वास्तव मे मूर्त जगत अमूर्त प्रत्यय जगत का ही शरीर अथवा ब्रह्म रूप है। प्रत्यय जगत मूर्त जगत की आत्मा है। हेगेल के अनुसार जो कुछ वास्तविक अर्थात् तात्त्विक है वह बुद्धिगम्य है और जो बुद्धिगम्य है वही वास्तविक है अर्थात अनुभव जगत के समस्त क्षेत्रो मे तर्कबुद्धि का साम्राज्य है।[१०१]

यान्त्रिक विकासवादी लाप्लासा रपेन्सर आदि के अनुसार विश्व यान्त्रिक और विकासशील है। यान्त्रिक का अर्थ है विश्व–प्रक्रिया मे कोई प्रयोजन अथवा उद्देश्य नही है अपितु प्राकृतिक नियमो का अखण्ड साम्राज्य है जिसमे कोई हरतक्षेप नही कर सकता प्राकृतिक घटनायें अतीत कारणों से सचालित होती है अर्थात प्रकृति एक अखण्ड कार्य–कारण श्रृखला सम्पूर्ण विश्व जीव तथा चेतन का विकास जड परमाणुओ के आकस्मिक सयोग से हुआ। इसके अनुसार जडद्रव्य (मैटर) गति (मोशन) तथा ऊर्जा (एनर्जी) विकास के मूलतत्त्व है। इसके अनुसार स्वअस्तित्ववान परमाणु गति के कारण एक दूसरे से सयुक्त होते है तथा अलग हो जाते है। जड और चेतन का भेद परमाणुओ की व्यवस्था सख्या तथा उसकी जटिलता की मात्रा पर आधारित है। स्पेन्सर का एक परम या निरपेक्ष तत्त्व है। आदिकारण मे विश्वास था। साख्य के विकास के साथ इसके मत से आश्चर्यजनक समानता है। यद्यपि रपेन्सर उस परम को अज्ञेय मानता है। उनका विषय है कि ज्ञान का विषय सापेक्ष तत्त्व है। जो द्रव्य गति ओर ऊर्जा है।[१०२] इस सम्बन्ध मे मत है कि स्पेन्सर का विकास भौतिक द्रव्य का सगठन और गति का सहवर्ती विखरन या क्षय है। जिसमे भौतिक द्रव्य अनिश्चित अससत सजातीयता से निश्चित असंसक्त और विजातीयता की ओर जाता है और उसका प्रतिधृत गति मे सामानान्तर रूपान्तरण होता है।[१०३]

जैविक विकासवाद मे लैमार्क डार्विन आदि के अनुसार विश्व मे विद्यमान समस्त जीवो का वर्तमान रवरूप विकास का फल है। जीव शब्द का प्रयोग व्यापक अर्थ मे लिया गया है। जिराके अनुरार वनरपति पशु आदि राभी प्राणी आ जाते है। इरा रिद्धात के अनुरार राभी जीव परिवर्तनशील है और उनके मध्य कोई मूल भेद नही है। विकास क्रम मे सर्वप्रथम कुछ बहुत ही

सरल जीवित कोशिकाए उत्पन्न हुई और उन्ही के क्रमिक विकास के परिणाम स्वरूप आज इतने जटिल और विभिन्न प्रकार के जीव उपलब्ध होते है। लेकिन सरल अथवा मूल जीवित कोशिकाओ की उत्पत्ति क्यो और किस प्रकार होती है। इसका कोई निश्चित उत्तर जैविक विकासवाद मे नही मिलता।[१०४] डार्विन के अनुसार स्रष्टा ने कुछ निर्जीव जड जनन कोशिकाओ मे जीवन डालकर आदि जीवित कोशिकाओं को उत्पन्न किया और जब जीवित कोशिकाओ का निर्माण होता है तो स्वयमेव प्राकृतिक नियमो द्वारा विकसित हो रही है।[१०५] डार्विन के विकासवाद मे प्राकृतिक वरण अर्थात् योग्यतम की अतिजीविता का महत्वपूर्ण स्थान है। क्योकि योग्यतम की अतिजीविता को ही डार्विन ने प्राकृतिक वरण कहा हे।[१०६] सघर्ष मे पराजित जीवों का विनाश तो नही होता किन्तु अपने वाद अपनी सन्तान छोड जाने का अवसर उन्हें नही मिलता या बहुत ही कम मिलता है।[१०७] डार्विन के मत मे परिवर्तन अकारण अथवा आकस्मिकरूप से जीवित कोशिकाओ मे हो जाते है। आकस्मिक कहने का तात्पर्य यह नही है कि उनका कोई कारण नही है। ऐसे परिवर्तनो का कारण अवश्य होता है। किन्तु इन कारणो का पूर्णज्ञान हमे नही होता।[१०८] वशानुगत परिवर्तन के सम्बन्ध मे डार्विन का मत है कि ऐसा कोई परिवर्तन जो वशानुगत नही है हमारे लिये महत्वपूर्ण नही है तो प्रश्न है कि किस प्रकार के परिवर्तन सक्रात होते है और इनके सक्रात होने का कारण क्या है ? इस प्रकार के प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर डार्विन नही देता। अत वह स्वय कहता है कि वशानुगत से सम्बन्ध रखने वाले प्रश्न अधिकाशत अज्ञात ही है।[१०९]

बर्गसा सृजनात्मक विकासवाद में प्रातिभ की प्रसशा करता हुआ मानता है कि बुद्धि जैविक विकास के रहस्य को नही समझ सकते।[११०] उनके मत में जीवन शक्ति या प्राणात्मा ही एलेनविटल ही सम्प्रभु अर्थात परमतत्त्व । यह एक मूलशक्ति है वस्तु नही यह निरन्तर सृजन की माग है। जीव विकास का इतिहास तीन पृथक दिशाओ की ओर सकेत करता है। वनस्पति की जडता पशुपक्षियों की नैसर्गिक प्रवृत्तियॉ और मानव में बुद्धि। बर्गसा के अनुसार अनुकूलता विकास की एक आवश्यक अवस्था अवश्य है। परन्तु उसका कारण नही सत्य तो यह है कि अनुकूलता का सिद्धात विकास की प्रक्रिया मे मोड या घुमाव का ही वर्णन करता है न की उसकी दिशाओं की या स्वय इस प्रकिया की व्याख्या ।[१११] जैविक विकास वास्तव में लाखो व्यक्तियो के द्वारा विभिन्न दिशाओं मे हुआ है। जिनमे से प्रत्येक एक चौराहे पर आकर समाप्त होती है।

वहॉ रो फिर नये–नये मोड लेती हुई अपने मार्ग पर अग्रसर होती है।[११२] जीवन एक स्वतन्त्रता है। जो आवश्यकता मे प्रवेश करती है। यदि जडतत्त्व में इस सीमा तक नियत्रण होती की उसमें शिथलीकरण के लिये कोई स्थान ही न हो तो जीवन असम्भव होता।[११३] बर्गसा के अनुसार विकासवाद न तो यत्रवाद न ही प्रयोजनवाद यत्रवाद की मूलधारणा अतीत व भविष्य को वर्तमान के गणनीय प्रक्रिया के रूप मे देखती है दूसरे शब्दो मे सबकुछ पूर्वप्रदत्त है। किसी भी प्रकार की नवीनता सम्भव नही है। इसी प्रकार प्रयोजनवाद मे भी सबकुछ पूर्वनिश्चित है। इस तरह चरम हेतुवाद केवल उल्टा हुआ यन्त्रवाद है।[११४] मूलप्रेरक शक्ति सामान्य है। समरूपता तो पीछे है न कि आगे है। यह केवल धकेलने वाली शक्ति की एक रूपता के कारण है न कि किसी सामान्य लक्ष्य के कारण ।[११५] प्रगति का तात्पर्य प्रथम प्रेरणा से नियन्त्रित एक सामान्य दिशा मे बढना है तो नि सन्देह प्रगति हुई है परन्तु यह प्रगति जैविक विकास की केवल दो या तीन बडी शाखाओं मे हुई है। इन शाखाओ के बीच मे अनेक छोटे–छोटे मार्गों की भीड है। जिसमें अवरुद्धता अध पतन आदि भी दिखाई पडते है।[११६] बर्गसा के अनुसार जीवन शक्ति ईश्वर का रूप है। ईश्वर एक ऐसा स्रोत है जहॉ से उसके स्वतत्र प्रयास के फलस्वरूप प्रवृत्तियॉ या तरगे निकलती है जिनमें से प्रत्येक एक जगत बना देती है। किन्तु ईश्वर में कोई बनी बनाई वस्तु नही वह तो जीवन कर्म और स्वतन्त्रता की निरन्तरता है।[११७]

उद्‌गामी विकासवाद के अनुसार विकास में बिल्कुल नवीन गुणों का उद्‌भव होता है अर्थात ऐसे गुण का आर्विभाव जिसकी कल्पना पहले से न की जाती हो इस सिद्धात के अन्तर्गत एस० एलेक्जेण्डर का मत है कि देश–काल एकतत्त्व है। जो शुद्ध गत्यात्मक है। यह स्वतत्र गति रूप है और जड द्रव्य उससे उत्पन्न होता है । यदि देश–काल मिलकर एक ही तत्त्व है जिसमे बिन्दु क्षण अशभूत है। इन बिदु क्षणों में क्रमश जडद्रव्य की उत्पत्ति होती है। तत्पश्चात् क्रमश रूप रस गन्ध आदि गुणो का आर्विभाव होता है। जिससे सृष्टि की रचना होती है। विकास क्रम में चेतना के उपरान्त जिस गुण का उद्‌गम या आर्विभाव होगा वह दैवतभाव (डिवीनिटी) है। विश्व का विकास प्रत्येक क्षण दैववाद की ओर बढ रहा है ईश्वर का सृजन कर रहा है। ईश्वर सदैव सिद्ध है। इस विश्व–प्रकिया मे एक आन्तरिक प्रेरणा निहित है जो उसे दैवतभाव की ओर अग्रसर करती है। सबसे अन्त में विकास–किया के उच्चतम फल के रूप में देवता या ईश्वर

(डाइटी) का उद्‌गमन होता है। ये देवता ससार के फल–पुष्प कहलाते है। किन्तु ये आदिकारण नही है।[११८] मार्गन के अनुसार प्रकृति में दो प्रकार की वस्तुए पाई जाती है जिसमे एक को परिणमित और दूसरे को उद्‌भूत माना जाता है । परिणमित उन वस्तुओ को कहा जाता है जो पूर्ववर्ती अवस्थाओ या कारणो के परिणाममात्र है। उद्‌गत वे तत्त्व अथवा नवीनताए है। जिनके सम्बन्ध में पहले से तो कुछ नही कह सकते। मूलतत्त्व न तो चित है और न ही अचित् है। वह चिदचिदात्मक है। जगत दो न होकर एक ही है। जड जगत और चेतन जगत भिन्न–भिन्न नही है। विश्व–प्रकिया गत्यात्मक है। मार्गन वास्तविक जगत के तीन स्तर मानता है। जडद्रव्य प्राण(जीवन) और मन। विकास की क्रिया सृजनात्मक सश्लेषण द्वारा होती है। यथा इलेक्ट्रान और प्रोट्रान परमाणु (एटम) अणु (मालिक्यूल्स) बन जाता है। अणु सगठित होकर यौगिक और परिवर्तित हो जाते है और यौगिक प्रोटोप्लाज्मिक (मैटर) जीवद्रव्य का रूप धारण करता है। इन उद्‌गामी गुणों का कारक ईश्वरीय अन्त प्रवृत्ति है । ईश्वर वह अन्त वृत्ति या प्रेरक सत्य है जिसके कर्तृत्त्व द्वारा उद्‌गामी गुणों का आर्विभाव होता है । ईश्वर विकास–प्रकिया का प्राण है। वह विकास–प्रकिया से बाहर कोई चीज न होकर उसी मे पूर्णतया व्याप्त है।[११९]

अभिनव पाश्चात्य दार्शनिक सिद्धातो में यह विश्वास सामान्य रूप मे मान्य है कि विकास की प्रत्येक अवस्था पर निर्माणात्मक शक्तियो का प्रभाव अवश्य होता है। बर्गसा सृजनात्मक विकासवाद उत्तरकालीन चिन्तन के लिये काफी सहायक सिद्ध हुआ। जनरल इस्टेमस जो साकल्यवादी विकासवादी के मत में विश्व विकासशील है और विकास प्रकिया में एक प्रेरक सत्य है। जिसकी प्रवृत्ति अधिकाधिक बडी समष्टि या साकल्यो को बनाने मे होती है यथा विद्युत अणुओं से परमाणु बनते है और परमाणुओं से द्वयणुक और त्रयणुक तथा उनसे भौतिक द्रव्य के बडे समूह बनते है। जीवन के क्षेत्र में पहले एक कोशिका वाले जीवों का उद्‌गम होता है और फिर क्रमश सहस्रों कोशिकाओं वाले जीवों का उद्‌भव होता है।[१२०] इसी सम्बन्ध मे व्हाइटहेड ने भी कहा है कि विज्ञान एक नया पक्ष ग्रहण कर रहा है जिसे न तो शुद्ध रूप से भौतिक कह सकते है और न शुद्ध रूप से जैव ही[१२१] व्हाइटहेड के पूर्व ऊर्जा सरक्षण और उसके रूपान्तरण का सिद्धात मे उस विचार को समाप्त किया जिसमे द्रव्य को एक पिण्ड के रूप मे माना जाता था। परमाणुकता और उसका जीव विज्ञान मे उपयोग के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि

जीवित कोशिका ही नही अपितु सम्पूर्ण निर्जीव परमाणु भी निरतर गति और शक्ति के सगठित केन्द्र है अन्तर केवल मात्रात्मक अथवा स्तरों का है। डार्विन के विकासवाद के आधार पर माना गया कि पत्थर से लेकर मनुष्य तक में एक ही प्रक्रिया का तात्पर्य उपलब्ध होता है। उक्त तीनों के आगे व्हाइटहेड ने सम्पूर्ण–दिक मे शक्ति और सक्रियता के क्षेत्र का अस्तित्व के आध ार पर कहा कि द्रव्य और मन यथार्थ प्रकृति में एक दूसरे से उतने भिन्न नही है जितना की सामान्यत लोग समझते है। सबकुछ यहाँ तक ईश्वर की एकतन्त्र के अन्तर्गत जिसे अवव्ययी कहते हैं। इस प्रकार पररपर सम्बन्धित है कि उन्हें पृथक् नही किया जा सकता। व्हाइटहेड ने ईश्वर को आत्म सृजनशील प्राणी कहा जाता है। वह स्रष्टा नही अपितु सृजनात्मक क्रिया है वह स्थिर नही अपितु गतिशील है। वह आध्यात्मिक होने से समरत परिवर्तन से परे है यह अवयवी सिद्धात का प्रतिपादन करता है जिसे प्रकृति का सर्वांगीण सिद्धात कहा गया है।[१२२]

विलियम पेटन के अनुसार विकास आरम्भ कारिक अर्थ नही अपितु वास्तविक अर्थ मे एक समूह है। उसमे एक ऐसी सृजनात्मक प्रवृत्ति होती है जो अव्यवस्था के निरर्थक सघर्ष से ऊपर उठकर स्थिर सरचनात्मक सगठन और एकता की ओर उन्मुख रहती है। उनके अनुसार समस्त विकासात्मक क्रियाओं के मूल में रचनात्मक क्रिया की एक सर्वव्यापी बाध्यता होती है। पेटन के मत में प्रत्येक रचनात्मक क्रिया उन कुछ मूलगुणों का परिणाम है जो समस्त जीवन और मन में मिलते है। ये गुण है आत्मरक्षणा आत्मत्याग और सहयोग यहाँ विकास स्वतत्रता की अपेक्षा अनुशासन मे एक प्रगति है।[१२३] लेकिन अमेरिकन विकासवादी दार्शनिक चार्ल्स पियर्स इसे नही मानते इनके अनुसार यह मानना ठीक नही है कि नियम में स्थायित्व होता है परिवर्तन नही। बल्कि जगत में केवल विकास का नियम है जो सदिग्ध है। जिन नियम को अचल और स्थिर माना जाता है। वे भी वास्तव मे विकास नियम के अधीन ही हैं। नियमो की स्थिति आदतो जैसी है। आदत धीरे–धीरे बनती है। इसी प्रकार नियम भी धीरे–धीरे स्थिरता को प्राप्त होते हैं क्योंकि कोई विशेष नियम आज इतना व्यापक है वह अपने प्रारम्भ में इतना महत्वपूर्ण नही था। भौतिक में सबसे प्रसिद्ध नियम गुरुत्वाकर्षण का नियम है। सामान्य विचार के अनुसार जगत मे कोई प्राकृतिक पदार्थ छोटा या बडा निकट या दूर ऐसा नही है जो उसके प्रभाव में न हो पियर्स के मत मे व्यवस्था के साथ अव्यवस्था भी रपष्टता प्रतीत होती है। अव्यवस्था केवल

आभारा नही अपितु उसकी वास्तविक सत्ता है। इसका मुख्य कारण है कि व्यवस्था पूर्व से नही बनी है अपितु बन रही है।[१२४]

इस प्रकार विकासवाद विकास प्रक्रिया के सरल से जटिल रूप की प्रगति मानता है। ऐसा मानने वाले प्राचीन विकासवादी विकास प्रक्रिया को एकमार्गी के समर्थक थे। किन्तु आधुनिक विकासवादियो के अनुसार विकास की गति कभी सरल से जटिल और कभी जटिल से सरल दोनो ओर होती है। किन्तु विकासवाद मे ईश्वर को मानना आवश्यक नही है। इसमे ईश्वर को माना भी जा सकता है और नही भी। कुछ विकासवादियो ने ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार भी किया है और कुछ के अनुसार उसके अस्तित्व को स्वीकार करना आवश्यक है। वास्तव में वैज्ञानिक दृष्टि से सृष्टिवाद की पुष्टि नही होती।[१२५] सर्वोपरि प्रभु के नियन्त्रण द्वारा प्रकृति के अनेकत्व मे बराबर उन्नति होती है। जैसे की बर्गसा की प्राणशक्ति का एक ही स्पन्दन विभक्त होकर प्रकृति में नानाविध प्रतिध्वनियो से परिणित हो जाता है। आ० भिक्षु सृष्टि के प्रारम्भ मे उत्पन्न हुए एक सर्वोपरि पुरुष का उल्लेख करते है। महत्व उनके साथ उपाधि अथवा बाह्य विनियोग के रूप मे था।[१२६] साख्यसूत्र के अनुसार एक व्यवस्थापक ईश्वर की कल्पना को रवीकार करता ह। जो सृष्टि रचना काल में प्रकृति के क्रमिक विकासों की व्यवस्था करता है। साख्य एक ऐसे ईश्वर को मानता है जो पहले ही प्रकृति के अन्दर लीन था और पीछे से प्रकट हुआ।[१२७] रवीटजर के मत मे यदि हम इस जगत को ठीक ऐसा ही समझ ले जैसा यह दिखाई देता है तो मनुष्यो तथा इस की व्याख्या करना सम्भव होगा। हमारे लिए इस जगत मे किसी प्रकार के ऐसे प्रयोजन सम्बन्धी विकास को खोज निकालना कठिन है। जिससे हमारे अपने कर्मों की सार्थकता प्रकट हो सके।[१२८]

पाश्चात्य दर्शन में भारतीय दर्शन की अपेक्षा विश्व व्याख्या के विविध सिद्धातो को जन्म दिया जिसका मुख्य कारण वहाँ की वैज्ञानिक और ऐतिहासिक खोजे थी। यद्यपि वैशेषिक और साख्य मत में विश्व की महत्वपूर्ण व्याख्याए की गई। लेकिन अन्य मतावलम्बियो के सम्बन्ध मे ऐसा नही हुआ। साख्य के यान्त्रिकवाद में आश्चर्यजनक पूर्णता और आधुनिकता है तथा वह वर्तमान भौतिकी के काफी समीप दिखता है। फिर भी पाश्चात्य दर्शन में विश्व की व्याख्या में

विविधता और वैज्ञानिकता है।

(IV) आत्मतत्त्व

साख्य दर्शन मे आत्मतत्त्व को पुरुष नाम से अभिहित किया गया है जो विशुद्ध चेतन स्वरूप किन्तु निष्क्रिय सत्ता है। अत वह साक्षी रूप से अकर्ता अभोक्ता निरवयव व निर्गुण रूप है। पुरुष निर्विक्त और अपरिणामी होने के कारण अकर्ता है। फिर पुरुष बुद्धिहीन होने के कारण भोक्ता या कर्ताभाव से रहित है। बुद्धि प्राकृतिक लिग है। पुरुष का नही है। अत पुरुष निष्क्रिय और उदासीन सत्ता है। लेकिन साख्य के अनुसार पुरुष एक नही जैसा कि प्रकृति है अपितु पुरुष अनेक है। प्रत्येक पुरुष का जन्म मृत्यु और इन्द्रियॉ आदि भिन्न–भिन्न होती है। यही नही प्रत्येक पुरुष की प्रवृत्तियॉ भी अलग–अलग होती है। इसी प्रकार पुरुष का बन्धन मोक्ष और सासारिकता समझना अज्ञान के कारण होता है। जबकि वास्तव मे ये सभी प्रकृति में होती है। वास्तव मे चेतनरूप पुरुष के सयोग मे आने पर बुद्धि जो प्रकृति का परिणाम है चैतन्य युक्त हो जाती है। फलस्वरूप हम पुरुष को कर्ता कामी भोक्ता आदि मानने लगते हैं। साख्य मत में अन्त करण और बुद्धि प्रकृति के ही परिणाम है अर्थात मानसिक क्रियाए भौतिक तत्त्व है। यह मत आधुनिक शरीर–क्रिया मनोविज्ञान के अनुरूप है। अत आत्मतत्त्व इससे भिन्न विशुद्ध चेतना स्वरूप है।[१२९] दूसरी ओर ईश्वरवाद अमरत्व मे आस्था को दुर्बल करता है। क्योंकि यदि आत्माओं का स्रष्टा कोई है तो आत्माए अनादि न होगी और तब आत्मा को अमरत्व भी नही प्राप्त होगा साख्य का जो ज्ञान की कडी सीमायो के ही अन्दर रखने के लिये उत्सुक है। उसके अनुसार ईश्वर की यथार्थता तार्किक प्रमाणो के द्वारा सिद्ध नही हो सकती।[१३०]

पाश्चात्य दर्शन आत्मा के सम्बन्ध मे प्राचीन और स्पष्ट विचार पाइथागोरस के दर्शन मे मिलती है पाइथागोरस नैतिक और धार्मिक दार्शनिक था। उसके अनुसार आत्मा समाधि के द्वारा मुक्त होकर आवागमन के चक्र से छुटकारा प्राप्त कर लेती है और दिव्य को नित्य आनन्द का अनुभव करता है। सयम और साधना द्वारा मुक्ति की प्राप्ति होती है। दर्शन बुद्धि विलास नहीं अपितु जीवनयापन की पद्धति है। ज्ञानी ही सर्वोत्तम है क्योकि वही आवागमन से मुक्ति पाता है।[१३१]

एनेक्जेगोरस के नाउस के साथ शरीर आत्मा का भेद प्रारम्भ हुआ जगत के मूलकारण के रूप मे भी आत्मा को रवीकृति मिलने लगी। परिणामस्वरूप ग्रीकदर्शन मानव केन्द्रित हो गया इसी परम्परा में साफिष्ट जो दार्शनिक की अपेक्षा नैतिक शिक्षक थे मानवतावादी दर्शन की स्थपना करते है। इसमें प्रोटोगोरस का मत था कि मनुष्य सभी वस्तुओं का मापदण्ड है। वे जो उसके सापेक्ष है उनका अस्तित्व है ओर जो उसके सापेक्ष नही है। उनका अस्तित्व नही है किन्तु उन्होंने मनुष्य का अर्थ सामान्य मनुष्य के अर्थ में नही लिया। बल्कि व्यक्ति विशेष के अर्थ में लिया। इसी प्रकार सभी वरतुओं के मापदण्ड का अर्थ सभी वस्तु की सत्यता के मापदण्ड से नही है। उनके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति उस सत्य का मापदण्ड है जो उनके लिए सत्य है। इस तरह सत्यता प्रत्येक व्यक्ति की सवेदना और अनुभूतियो से सम्बन्धित है अर्थात सत्यता व्यक्तिगत मामला है। वस्तुगत नही परिणामस्वरूप नैतिकता की वरतुनिष्ठता भी खण्डित हो गई जिससे मनुष्य का व्यक्तित्व तो सबल रहा किन्तु सत्य दुर्बल हो गया। फिर नैतिकता का मापदण्ड सुख को मान लेने से आत्मिक शक्ति और आध्यात्म की उपेक्षा हुई।[१३२]

रवय को जानो (दाई इटसेल्फ) का सदेश देने वाले सुकरात मे आत्मा पर बल देते हुई नैतिक जीवन को ही सर्वोच्च जीवन माना। इन्होने ही ज्ञान को बुद्धि पर आधारित मानते हुए सत्य की वरतुनिष्ठता को स्थापित किया। उनके अनुसार ज्ञान ही सद्गुण है और सद्गुण ही ज्ञान है। आगे कहते है की निरन्तर अभ्यास ओर आत्म–नियन्त्रण द्वारा व्यक्ति अपने चरित्र का निर्माण कर सकता है। क्योंकि सुकरात ज्ञान को ही सद्गुण का एकमात्र आधार मानते है। अत ज्ञान को ही मुक्ति का सर्वोत्तम साधान भी कहते हैं। सद्गुण एक ही को सभी प्रकार सद्गुण आत्मसयम विवेक, दूरदर्शिता, करुणा आदि एक ही स्रोत से उत्पन्न हुये है और वह स्रोत है ज्ञान इसलिए ज्ञान ही एकमात्र सद्गुण है।[१३३]

प्लेटो के दर्शन में आत्मा प्रकृति और उसकी वस्तुओं के सचालक और नियत्रक है। गति का मूल आत्मा है। आत्मा अपने भी गति का मूल है। आत्मा एक सम्राट की भाति है। जो अपना आदेश रवय प्रसारित करता है। वह रवशासक है आत्म–प्रत्यानयन ओर आत्म–प्रजनन स्वरूप होने से आत्मा अविछिन्न रूप से गतिशील है और गति के जन्म का कारण भी। इस का आत्मा

जैविक बौद्धिक आदि क्रियाओ का स्रोत है आत्मा समस्त सृष्टि में व्याप्त है। अत यह एक प्राकृतिक शक्ति है। प्लेटो का आत्म सम्बन्धी मत प्रकृतिवादी है। नैतिकतावादी नही क्योंकि आत्मा विनाश उत्पत्ति व्यवस्था अव्यवस्था सत्य असत्य सभी का स्रोत है। यह नीति निरपेक्ष है। यह वस्तुनिष्ठ है व्यक्तिनिष्ठ नही। आत्मा एक आदर्शमूलक क्रिया है। यह शुभ के साक्षात्कार की प्रक्रिया है। इसका लक्ष्य पूर्णता है। अत यह मूल्यो के सरक्षण की ही प्रेरणा शक्ति है। इस प्रकार विश्व प्रक्रिया निष्प्रयोजन नही सप्रयोजन है।[१३४]

प्लेटो आत्मा के दो रूप मानता है–(i) – विश्वात्मा जो परोपकार अविनाशी और सर्वव्यापी है। यह ऐन्द्रिक जगत तथा प्रत्यय जगत के बीच मध्यस्थता का कार्य करती है। यही जगत का सचालक और जगत की नियमितता और सवाद का स्रष्टा है।(ii) – जीवात्मा जो कि जीवनशक्ति है। इसका विनाश जीवधारी की मृत्यु के बाद भी नही होता है। शरीर एक बन्दीगृह है और आत्मा इससे मुक्ति चाहती है। मुक्ति विशुद्ध ज्ञान द्वारा ही सम्भव है। प्लेटो आत्मा के दो भाग करता है–(i)– बौद्धिक आत्मा और (ii)– अबोद्धिक आत्मा अबोद्धिक आत्मा को पुन दो भागों मे बॉटता है कुलीन और अकुलीन और अबौद्धिक आत्मा बौद्धिक भाग आत्मा का सर्वश्रेष्ठ भाग है। यह सरल अदैहिक अविभाज्य अविनाशी ओर अमर है। इसका धर्म बुद्धि है और कार्य ज्ञान है। जबकि अबोद्धिक आत्मा सावयव दैहिक विभाज्य विनाशी और मर्त्य है। इसका कार्य सवेदना वासना तथा किया है। सादृश्य आत्मसम्मान और अन्य सभी उदात्त सवेग इसके धर्म है। अकुलीन आत्मा का मुख्य धर्म आत्मसयम है। बुद्धि साहस और आत्मसयम के अतिरिक्त आत्मा में एक अन्य गुण न्याय भी होता है। न्याय तब उत्पन्न होता है जब अन्य तीनों ने आनुपातिक सामजस्य होता है। यही जीवन उत्तम भी होता है।[१३५]

प्लेटो के अनुसार आत्मा अमर है। क्योंकि वह अपनी गति का कारण स्वय है। वह सावयव नही निरवयव है। आत्मा अभौतिक तथा आदिरहित है। अत आत्मा अपरिवर्तनशील है। प्लेटो के मत में प्रत्येक 'वस्तु' अपने विरोधी से उत्पन्न होती है। अत यह मानना चाहिए कि जीवन की उत्पत्ति मृत्यु से होती है अर्थात् जीवन मृत्यु से आता है और मृत्यु का पुनर्जन्म होता है। रपष्ट है कि आत्मा जीवन का आधार है। चुकि आत्मा प्रत्ययो का ज्ञान प्राप्त करता है ।

अत आत्मा को भी प्रत्ययों की भॉति दिव्य होना चाहिए। मेनो नामक सवाद में प्लेटो आत्मा की अमरता को स्मृति के आधार पर सिद्ध करता है। उसके अनुसार प्रत्यय जगत से अवतीर्ण होने के कारण आत्मा ऐन्द्रिक जगत के सम्पर्क मे आकर अपने ज्ञान को तिरोहित व धूमिल कर लेता है। अत इस रपष्ट स्मृति को रमरण कराना पडता है। इसी के आधार पर न्याय बराबरी सत्यता आदि का स्मरण होता है। उक्त तर्कों के आधार पर प्लेटो आत्मा के पुनर्जन्म अर्थात आवागमन के सिद्धात को रवीकार करता है । प्लेटो के अनुसार सृष्टि में विविध प्रकार की वस्तुए है। इनमें पुरुष सर्वाधिक सम्पन्न है। इनमें भी कुछ अत्यन्त उच्च कोटि के पुरुष है किन्तु ऐसे पुरुषो का जीवन एक जन्म का परिणाम नही है। अत वर्तमान जन्म के पूर्व भी आत्मा का जीवन रहा होगा। इस प्रकार आत्मा अमर है । प्रत्ययो का जगत ही इसका मूल स्थान है। अत जब मनुष्य शुभ जीवन व्यतीत करता है। वह आनन्दमय प्रत्ययों के जगत को लौट जाता है और जो अशुभ जीवन व्यतीत करता है। वह मृत्यु के पश्चात नारकीय जीवन पाता है।[१३६]

सत्य के साक्षात्कार के विषय मे प्लेटो का मत है कि जिस प्रकार ग्लौकस द्वारा समुद्र की तह मे डुबकी लगाने के कारण पहचाना नही जाता क्योंकि उसका शरीर समुद्र की काई सीप मछली तथा अन्य वस्तुओं द्वारा इतनी अधिक मात्रा मे ढक जाता है कि वह पहचाना नही जा सकता । उसी प्रकार प्रत्येक जीवात्मा विकृत रूप में है। अर्थात सासारिक उपलब्धियो तथा अज्ञानता से ग्रसित जीवात्मा अपने वास्तविक रवरूप को नही जान पाता है। जब तक हमे ससार रूपी समुद्र से निकाल कर इसके ऊपर जमे हुए काई सीप तथा तलछट आदि मलो को हटाकर शुद्ध नही कर लेते तब तक हम इसके सत्य स्वरूप को नही जान सकते।[१३७]

अरस्तू के मत मे आत्मा शरीर का आकार अर्थात सगठन है। जिस प्रकार द्रव्य और आकार का अविच्छेद सम्बन्ध है उसी प्रकार आत्मा का शरीर से आत्मा शरीर की क्रियाशीलता है। प्लेटो के विपरीत अरस्तू की धारणा है कि आत्मा नूतन शरीर विशेषकर पशु शरीरो मे जन्म धारण करती है। अरस्तू प्लेटो की बात से सहमत नही है। एक आत्मा दुसरे शरीर मे प्रवेश करती है क्योंकि अरस्तू कहता है कि यदि प्लेटो की उक्त बात स्वीकार कर ले तो आत्मा के अमरत्व की धारणा समाप्त हो जोती है क्योकि किरी वस्तु के विनाश के साथ उसके व्यापार

का भी अन्त हो जाता है। प्लेटो के अनुसार आत्मा एक अतिन्द्रिय वस्तु है जो शरीर मे रखी अथवा निकाली जाती है। इस प्रकार आत्मा और शरीर अर्थात आकार और द्रव्य के बीच यान्त्रिक सम्बन्ध माना जाता है। किन्तु अरस्तू कहता है कि आत्मा शरीर का आकार है। अत वह शरीर से अलग नही हो सकता है दोनो के बीच जैविक सम्बन्ध है यान्त्रिक नही।[१३८]

अरस्तू बुद्धि को सक्रिय और निष्क्रिय रूप मे बाटते हुए कहता है कि सक्रिय बुद्धि अविनाशी और शाश्वत है। यह अनादि और अनन्त है। यही उत्पत्ति के समय शरीर मे प्रवेश करता है और मृत्यु के समय निकल जाता है। चूँकि मनुष्य की बुद्धि ईश्वर से ही प्रादुभूर्त होती है। अत मृत शरीर से निकलकर उसी मे यह विलीन हो जाती है। ईश्वर निरपेक्ष और पूर्ण बुद्धि है। लेकिन निष्क्रिय बुद्धि शरीर के साथ ही नष्ट हो जाती है। अरस्तू की आत्मा शाश्वत है किन्तु शाश्वत का अर्थ सर्वकालीनता नही अपितु कालातीतता है। अरस्तू भौतिक सद्‌गुण को पूर्णरूप से बोद्धिक मानता है और एकमात्र ज्ञान को ही अत्यावश्यक रवीकार करता है। जिसके लिए आत्म नियन्त्रण और निरन्तर अभ्यास पर अत्याधिक बल देते है। यहॉ बैराग्य पर बल न देकर बुद्धि और वुभुक्षा दोनों को रवीकार किया गया है। क्योकि वुभुक्षा और उद्वेग सदगुणो के द्रव्य है। तो बुद्धि उनका आकार है। स८गुण का अर्थ है नियन्त्रण न कि उन्मूलन। इस तरह अरस्तू मध्यममार्गी है। अरस्तू इच्छा–स्वातन्त्र्य के प्रबल समर्थक थे। उनके अनुसार मनुष्य को शुभ और अशुभ दोनो को चुनने का अधिकार है।[१३६]

प्लेटो दार्शनिको के लिए ज्ञान प्राप्ति का विधान करता है। जिसका अन्तिम फल श्रेयस का विचार है तथा अन्यों के लिए सत्य सभाति का जिसकी पहुँच अपने स्थान तथा कर्तव्यो तक ही है। इस प्रकार अरस्तू साधारण पुरुषो के लिए नैतिक धर्मो का विधान करता है। जो अधिकतर मानवीय व्यापार है और ऐसे मनुष्यो के लिए जिनका लक्ष्य अमरत्व प्राप्ति है। तर्क का प्रयोग बताया गया है। जो उत्तम तथा दैविय वस्तुओं का बोध करा सकता है।[१४०]

प्लाटिनस के अनुसार परम विज्ञान से जो प्रथम आत्मा उत्पन्न होती है वह विश्वात्मा है। यह दैवीय ओर ऐन्द्रिक जगत के बीच मध्यस्थता का कार्य करती है। विश्वात्मा शाश्वत और कालातीत है यह स्वयप्रकाश्य है। अविभाज्य और अमूर्त होते हुए भी यह विभाज्य और मूर्त

वस्तुओ की ओर झुकाव करती है। विश्वात्मा से एक अन्य आत्मा का जन्म होता है जो प्रकृति कहलाती है। इनमे प्रत्येक आत्मा अनेक आत्माओ से मुक्त है और अनेक आत्माओ को जन्म देती है। सृष्टि की इस प्रक्रिया मे अशात्माए लोकोत्तर जगत की निम्नतम सीमा पर पहुँचती है जहाँ दैवीय सत्ता की यह अपूर्णतम अभिव्यक्ति द्रव्य कहलाता है।[१४१]

प्लाटिनस आत्मा को दो प्रकार का मानता है एक पराप्रकृति जो प्लेटो की बौद्धिक आत्मा के समान है। यह सूक्ष्म शरीर से मुक्त है यह अतिन्द्रिय लोकोत्तर शुद्ध बुद्ध और मुक्त स्वरूप है। यह देश–काल से परे परम विज्ञान की अपरोक्षानुभूति है। दूसरा अपरा प्रकृति आत्मा मे एक अपरिहार्य आन्तरिक प्रेरक शक्ति है जो इसे प्रकृति के अनुसार शरीर धारण करने के लिए मजबूर करती है तो दूसरी ओर जीवात्मा के पतन का एक अन्य कारण विश्वात्मा का जडजगत को रूप प्रदान करने की इच्छा है। इस प्रकार शरीर के सम्पर्क मे आने के कारण मानव मे अहम और हीनात्मा की उत्पत्ति होती है। परिणामस्वरूप आत्मा अपना मूल स्वरूप भूलकर बन्धन मे पड जाता है आगे आत्मा की मुक्ति की अवधारणा में प्लाटिनस कहते है कि आनन्द जीवन की पूर्णता है और पूर्णता चिन्तन मे है। अत आनन्द चिन्तन मे है प्लाटिनस मुक्ति के लिए शरीर और उससे सम्बन्धित सभी वस्तुओ से छुटकारा आवश्यक मानते है। इसके लिए शुद्धीकरण जिसके लिए नैतिक सदगुणो का सतत अभ्यास वैराग्यपुर्ण जीवन जरूरी है शुद्ध दर्शन के जीवन से आगे बढकर परमविज्ञान का अपरोक्षानुभूति मुक्ति का उत्तम साधन है। जिसके पश्चात् आत्मा विचार की सीमा का अतिक्रमण करके मूर्च्छा की अवस्था को प्राप्त करती है और फिर ईश्वर से एकाकार हो जाती है। ग्रीक दर्शन मे प्लाटिनस प्रथम व्यक्ति थे, जिन्होंने माना की ईश्वर मिलन ही मुक्ति है।[१४२]

सत आगस्टाइन परमतत्त्व को परमात्मा भी कहता है। जिसका ज्ञान ही सर्वोतम ज्ञान है। विश्वास आत्मा का विषय है बुद्धि निश्चयात्मिका शक्ति है जो आत्मा की देन है। आत्मा परमात्मा का अश होने के कारण प्रकाशपुज है। आत्मा ही बुद्धि को प्रकाशित करती है प्रज्ञा ही दैवीय ज्ञान है। जब बुद्धि आत्मा विमुख होती है। तो प्रज्ञा कहलाती है। परम आनन्द की ओर आत्मा अभिमुख होती है। मानव चूँकि अपूर्ण और ससीम है। अत उसका स्रष्टा ईश्वर ही है।

ईश्वर की कृपा से ही मनुष्य पाप से मुक्त होता है। परमात्मा ही मनुष्य को क्षमा प्रदान कर सकती है। मुक्ति की अवस्था मे आत्मा दिव्यलोक मे ईश्वर का साक्षात्कार करते हुए निवास करती है। आनन्द ही नैतिकता का मापदण्ड है जिसकी प्राप्ति परमात्मा से होती है। मनुष्य के लिए सकल्प–स्वातत्रय द्वारा ही शुभ अशुभ के आधार पर जीवन का मूल्याकन किया जाता है। ईश्वर विमुख शुभत्व और ईश्वर विमुख होना अशुभ है। सकल्प स्वातत्र्य के आधार पर ही पाप के लिए व्यक्ति उत्तरदायी होता है।[१४३]

बुद्धिवाद मे आत्मतत्व जो ज्ञान और चित्त का आधार है को स्वीकार करते है। इसमें डेकार्ट स्वचेतन आत्मा को दर्शन का मूल केन्द्र बनाता है। उन्होंने आत्म अनात्म से सर्वथा पृथक् कर आत्मा की यथार्थता को अपने निजी अधिकार से रवतत्र सिद्ध किया। डेकार्ट के मत में जब मैं प्रत्येक चीज के असत होने की सोचता था तो मैंने देखा कि ऐसा होना ही चाहिए कि मैं जो सोच रहा था उसकी सत्ता ओर इस बात को समझते हुए कि यह सत मै सोच रहा हूँ। अत मेरी सत्ता है। इतना ठोस और पक्का है कि इसे सशयवादियो के बडे –२ तर्क भी नही काट सकते। मैने निश्चय कर लिया कि इस सत्य को अपने दर्शन का आधारभूत सत्य स्वीकार करने मे मुझे किचित मात्र भी शका नही होनी चाहिए। मे हूँ मेरी सत्ता है। अनिवार्य रूप से सत्य है जब–जब मै इसे मुह से कहता हूँ अथवा इरा पर विचार करता हूँ। यद्यपि वह मुझे कितना ही धोखा क्यों न दे ले वह ऐसा कभी नही कर पाएगा कि मेरे सोचने के समय जब मेरी सत्ता है मेरी सत्ता न हो। उसका मत है कि जो अनुभव कर रहा है उसकी सत्ता का न होना असम्भव है। वे इस नियम को नित्य सत्य भी कहते है।[१४४] ऐसा लगता है कि मै सोचता हूँ अत मै हूँ, के आधार पर अर्थात् यह सोचना सम्भव नही है कि मै नही सोच रहा हूँ अथवा मै नही हूँ अथवा मेरी सत्ता नही है। इस प्रकार के तर्क के आधार पर डेकार्ट यह दावा करता है कि चैतन्य अथवा सोचना ही मै अथवा आत्मा का रवरूप है। यदि इस दावे को सत्य मान लिया जाये तो इससे अनिवार्य रूप से यह नियमित होता है कि चैतन्य के बिना मेरा अस्तित्व नही है अर्थात् मेरे चेतन होने अथवा सोचने का अर्थ ही यही है कि मेरी सत्ता है।

लेकिन डेकार्ट का मत है कि ईश्वर के विचार का कारण मै स्वय नही हो सकता क्योकि

मै रवय अपूर्व हूँ और कर्म मे उराके अधिक सत्त्व नही है जितना कि कारण मे होता है। परन्तु भारतीय दर्शन मे आत्मा को अपूर्ण मानना अविद्या का लक्षण है। क्योंकि यहॉ अपूर्ण वही है जो विषय रूप है चूँकि न आत्मा न ईश्वर विश्व रूप है। अत दोनो सीमित या अपूर्ण नही है।[१४५] देकाॅट के अनुसार विचार ही आत्मा का गुण हे आत्मा की अमरता निर्विवाद सत्य है मैं या आत्मा देह से सर्वथा भिन्न है। आत्मा का ज्ञान शरीर के ज्ञान से सरल है। शरीर के नष्ट हो जाने पर भी आत्मा नष्ट नही होती। आत्मा की सत्ता ज्ञान की पूर्व मान्यता है। ज्ञान आत्मा का गुण अर्थात् धर्म है।[१४६]

सर्वेश्वरवादी स्पिनोजा आत्मतत्त्व को चैतन्य रूप मानते है। यह चैतन्य ईश्वर के अनन्त गुणो मे से एक है। यही कारण है कि निरपेक्ष ज्ञान को स्पिनोजा ईश्वर का अनन्त अद्वैत रूप ही निर्विकल्प अनुभूति मानता है। पूर्णज्ञान पूर्ण आनदमय की अवस्था है जो ईश्वर मिश्रित होती है। अत रिपनोजा मानव का निश्रेष्ठ ईश्वर प्रेम को मानता है। भारतीय दर्शान मे बधन का कारण अज्ञान को माना गया है इसे रिपनोजा भी रवीकार करता है। अज्ञान के कारण ही लोग अनन्त परमात्मा से विमुख हो सत्ता सासारिक वस्तुओ को सुखद ओर शाश्वत मानकर उसके प्रति आसक्त होते है। इस प्रकार अज्ञानवश यथार्थ सत्ता को भूलकर भावनाओं के दु ख–सुख व काम के दास बन जाते है। ये निष्क्रिय भावना है जिसके कारण हमारा नियत्रण केवल बाह्य परिस्थितियो से होता है। विवेक जो बुद्धिमान और बलवान है से हीन होने के कारण हम अशुभ से घिरे होते है। क्योंकि मनुष्य इससे अपना समष्टि रूप भूला होता है। स्पिनोजा के अनुसार प्रकृति की घटनाए ईश्वर द्वारा नियत्रित होती है। अत किसी सासारिक घटना का क्रम नही बदल सकता स्पिनोजा नियतिवादी भाग्यवादी है। कितु स्पिनोजा के दर्शन मे स्वतत्रता की धारणा मिलती है। क्योकि उनके अनुसार अपने ही नियमों से अपने को नियत करना परतत्रता नही रवतत्रता है। अत मनुष्य का अपने रवभाव से नियत कार्य रवतत्रकार्य है।[१४७]

लाइबनित्ज चिदणु की रात्ता रवीकार करते है जो एक दूसरे से भिन्न है। इनमें गुणात्मक और सख्यात्मक भेद है। चिदणु चित् शक्ति युक्त है वे व्यक्ति विशेष है जिससे उनका निजत्व सिद्ध होगा। इस प्रकार सम्पूर्ण सृष्टि मे चेतना का विस्तार है। लाइबनित्ज के अनुसार वनस्पति

जगत से लेकर मानव तक सभी स्तरो मे जीव व्याप्त है। चेतना के विविध रगो स्वचेतना की स्थिति चेतन की जागृतावस्था है जो मानव मे ही सभव है। अत यहॉ प्रत्यक्षात्मक ज्ञान होता है और अह–बोध भी होता है। मानव विचारशील है विचार आत्मा का गुण है अत इस स्तर को आत्मा भी कहते है। पशु मे भी आत्मा है परन्तु यहा आत्मचेतना अर्थात विचार नही होता है। लाइबनित्ज इसे आत्म–जगत कहता है।[१४८]

चिदणु आत्मा चूँकि ईश्वर के रवभाव से उद्‌भूत हुए है अत वे अमर ओर अविनाशी है। लाइबनित्ज के आत्म–दर्शन मे जन्म–मरण और पुनर्वास के लिए कोई स्थान नही है। मै ईश्वरीय चमत्कार से ही उत्पन्न हुआ हूॅ। अत ये चमत्कार से ही नष्ट होते है। मध्य की स्थिति मे केवल सघटन और विघटन होते है। प्रत्येक आत्मा अपने शरीर का परिवर्तन धीरे–धीरे करती है। पूरापिण्ड एक साथ विघटित नही होता है। लाइबनित्ज मृत्यु को मात्र निरीक्ष्य कार्यो का स्थगन कहता है। वह एक पिण्ड से एक आत्मा का स्थाई सबध नही मानता। अत यहॉ पुनर्जन्म के लिए कोई स्थान नही है। इस प्रकार लाइबनित्ज ईश्वर के आधार पर जन्म–मरण से युक्त ससार की स्थापना करता है।[१४९] लाइबनित्ज नैतिक नियमो को जन्मजात मानता है। यही कारण है कि रवभावत मनुष्य सुख की प्राप्ति और दुख से छुटकारा चाहता है। ससार ईश्वर की नवीनतम प्रकृति है। पाप के सबध मे लाइबनित्ज का मत है कि एक तो दुख का होना मनुष्य के रवभाव मे है दूसरे पाप के लिए मनुष्य की चयन शक्ति दोषी है और तीसरे पाप के रहने से ही पुण्य का महत्व समझ मे आता है। अत पाप का कारण ईश्वर नही अपितु अज्ञान के कारण मनुष्य स्वभावत पाप करता है। वास्तव मे अशुभ की समस्या को धार्मिक दृष्टि से देखता है।[१५०]

लॉक के अनुसार आत्मतत्त्व के अस्तित्व के लिए किसी प्रमाण की आवश्यकता नही है। यह स्वत सिद्ध सत्य है। विचार अर्थात ज्ञान का आश्रय आत्मा है। यद्यपि यह निष्क्रिय तत्त्व है। अत चितन, प्रत्यक्ष आदि अतिभौतिक गुणों का आधार आध्यात्मिक आत्मा है। आत्मज्ञान स्पष्ट ओर सिद्ध सत्ता है आत्मा अन्तरप्रत्यक्ष का विषय है।[१५१] चितन के समय हम विचारण तर्कणा एव भय आदि की अनुभूति करते है, और सहज रूप से यह सोचते है कि इन क्रियाओ के लिए किसी पदार्थ की आवश्यकता तो होनी ही चाहिए और हम इसे आत्मा कहते है आत्मा के

तादात्म्य से स्पष्ट है कि एकात्मकता उत्पन्न करने की क्षमता केवल आत्मा मे ही है।[१५२] लॉक सकल्प–स्वातत्र्य को अलग–अलग शक्ति के रूप मे मानता है। अत वह सकल्प–स्वातत्र्य की परम्परागत मान्यता का विरोध करता हुआ सकल्प–स्वातत्र्य का अर्थ मानता है कि हम अनेको विकलप मे से वही विकल्प चुनते है जिसके लिए हम सक्षम है। इस प्रकार नैतिकता के मापदण्ड को सामर्थ्य से जोड कर देखता है अत शक्ति सिद्धात पर आधारित नैतिक नियम उचित नही है। लॉक नैतिक नियम को ईश्वर प्रदत्त नही अपितु सामाजिक देन मानता है। वह कहता है कि शुभ वह है जिससे सुख प्राप्त हो ओर अशुभ वह जिससे दुख की प्रप्ति होती है।[१५३] इस प्रकार लॉक सुखवादी धारणा में आत्मातत्त्व का आध्यात्मिक पक्ष कमजोर हो जाता है।

बर्कले के अनुसार आत्मा विज्ञान से भिन्न चेतन सक्रिय सत्ता है। आत्मा ज्ञातारूप है जबकि विज्ञान श्रेय है। हमे आत्मा का ज्ञान स्वानुभूति द्वारा होता है। अत आत्मा का अस्तित्व स्वत सिद्ध है। आत्मा सभी प्रकार की मानसिक कियाओ का आधार हे। बर्कले कहता है कि हमें अको की आत्मा का ज्ञान अनुमान से होता है। चूँकि मेरी आत्मा ही सभी विज्ञानों को उत्पन्न नही करती अपितु इन विज्ञानों की उत्पत्ति मेरे ही समान अन्य असीम आत्माओ से हुई है। यहॉ आत्मा की स्वीकृति प्रत्ययों के कारण के रूप गे स्वीकार की गई है क्योकि विज्ञान को उत्पन्न करने की शक्ति आत्मा में निहित है।[१५४] लेकिन डेविड ह्यूम अनुभव के आधार पर आत्मतत्त्व को स्वीकार करने के निषेध वैसे ही करता है जैसे बर्कले ने लॉक के जडतत्त्व की सत्ता मे स्वीकार नही की थी।

काट आत्मा की नित्य सत्ता को स्वीकार करता है ज्ञान के लिए भी आत्मा की आवश्यकता पर बल दिया है। नित्य तथा अपरिणामी आत्मा के कारण ही अनित्य तथा शक्ति सवेदनाओं मे पारस्पारिक सयोग सभव है। अत ज्ञान की अन्तिम मान्यता आत्मा की एकता है परन्तु नित्य आत्मा ज्ञान का तार्किक आधार है। इसरो इराकी यथार्थ रात्ता नही सिद्ध होती है। हमे आत्मा की सत्ता का अनुभव नही होता हम इसे प्रज्ञा के द्वारा ही जानते है। देकार्ट के अनुसार आत्मा ज्ञात है द्रव्य है। ज्ञान से ही ज्ञाता की स्थिति सिद्ध होती है। परन्तु काट इसे दोषपूर्ण मानता है। अत आत्मा बुद्धि के विषय नही बन सकता इसे बुद्धि का विषय मानकर ज्ञेय नही कहा जा सकता।[१५५] काट की ट्रासडेंटल युक्ति के अनुसार जो अनुभव की उत्पत्ति और

सिद्धि के लिए आवश्यक है उसकी यथार्थता स्वीकार करनी चाहिए साख्यदर्शन में पुरुष की सत्ता सिद्ध करने मे अधिष्ठानात तर्क का प्रयोग इसी सदर्भ मे किया गया है।[१५६]

काट के अनुसार हमारे रवय के ज्ञान के लिए उस विचार कर्म की आवश्यकता है जो प्रत्येक राभव सवेदनात्मक बहुल को अह प्रत्यय के एकत्व मे जो कि सवेदना की निर्धारक विधा है सयोजित करता है जिसके द्वारा यह बहुत्व विषय रूप मे प्रदत्त होता है। इससे यह आपादित होता हे कि यद्यपि मेरा प्रतिभासिक अरितत्व वास्तव में प्रतीति मात्र नही है किंतु इस अस्तित्व का निर्धारण आतर सवेदन के आकार के माध्यम से और उसके अनुरूप ही घटित हो सकता है। आत्मा की चेतना आत्मा के ज्ञान से सर्वथा भिन्न है।[१५७]

इस प्रकार ज्ञाता रूप आत्मा अधिष्ठान की एकता है। यह आत्मा शुद्ध चेतन स्वरूप अह रवरूप विषयी है। ज्ञेय क्षणिक ओर अनित्य है। परन्तु ज्ञाता नित्य तथा कूटरूप है। ज्ञाता की एकता के कारण हीहै सवेदन–सग्रह पुनर्स्मृति और प्रत्यभिज्ञा की एकता सभव है। इस प्रकार आत्मा एक शुद्ध ज्योति है जो सभी अवस्थाओ मे एक रूप रहता है।[१५८]

काट नैतिकता की पूर्ण मान्यता मे माने गये तीन तथ्यो में से एक आत्मा की अमरता को कर्तव्य और नैतिक जीवन के लिए आवश्यक मानते है। उनके अनुसार मानव सासारिक जीव है तथा इसमें पाशविक प्रवृत्तियॉ दी है। इन दुष्प्रवृत्तियौं के दमन के लिए कई जन्मो तक तपस्या करना पडता है। जिससे आत्मा की अमरता सिद्ध होती है इसी पूर्वमान्यता मे कर्तव्य के लिए कर्तव्य भी कारण को सकल्प–रवतत्र्य के अर्न्तगत स्वीकार करता है। काट के अनुसार नैतिक नियम में निग्रह की प्राप्ति कर्तव्यों का पालन बिना भय अथवा पुरस्कार की लालसा के किया गया है। इसलिए काट कहते है कि मानव साध्य है साधन नही।[१५९]

फिक्टे के अनुसार आत्मा विज्ञान रूप होने से ज्ञाता है। ज्ञाता ही अपने को श्रेय रूप में प्रकट करती है ऐसे आत्मा में निहित सकल्प–शाक्ति के कारण होता है। सकल्प–स्वतत्र्य के कारण ही मनुष्य स्वतत्र नैतिक प्राणी होता है। सकल्प–रवातत्र्य के कारण मनुष्य रारीम होता है। परिणामस्वरूप वह असीम आत्मा की ओर वह अग्ररार होता है। नैतिक नियमो के पालन से

ही मनुष्य अपनी अपूर्णता को समाप्त कर पूर्ण को प्राप्त कर सकता है। फिक्टे का निरपेक्ष अहमान तात्त्विक रूप में आनुभविक आत्मा से भिन्न हे। क्योंकि उस क्रिया का निर्माण जिसके द्वारा यह उस अवस्था को प्राप्त हुआ है जो इसका मौलिक रूप है। अनन्त की ही प्रक्रिया है।[१६०] यह फिक्टे के साख्य के सम्बन्ध मे उद्‌भूत करते हुए भडारकर मानते है कि जो व्यक्ति अपनी चेतना मे हो रहे व्यापार को साक्षात जानता है। वह कुछ ऐसी सवेदनाओ को जानता है, जिनको उत्पन्न करने वाला वह स्वय नही है। इसलिए वह एक बाह्य प्रकृति को स्वीकार कर लेते है। इसकी यथार्थता चैतन्य की रवतत्र क्रिया की मर्यादाओ से प्रमाणित होती है। चैतन्य की अवरथा मे जब मै अपने आपको परिगित अनुभन करता है तो बुद्धि सबसे पूर्व मै की पुष्टि करती है। और तब मै से भिन्न के साथ विरोध मे आती है। मै को सीमाबद्धता से उसकी पहले की रवतत्रता अथवा असीमता उपलाक्षित होती है।

इस प्रकार हमारे समक्ष सीमित अह अनह परिमिता और परम आत्मा आते है। साख्य का अहकार सीमित अह से सम्बद्ध है। सूक्ष्म और मूर्ततत्त्व तथा उनकी प्रतिरूप इन्द्रियॉ जिन्हे अह से उत्पन्न माना गया है। अनह के अनुरूप है रवतन्त्र अनन्त परमात्मा पुरुष है और इसकी सीमाए अनह के बन्धन से है। चूँकि सर्वथा रवतत्र पुरुष सीमाओ का उद्‌भव स्थान नही हो सकता। इसलिए साख्य एक विशिष्ट कारण के अस्तित्व को मान लेता है जो स्वरूप में अनन्त है और जिसकी सातता का कारण अनन्त अह के साथ उसका घनिष्ठ सम्बन्ध होने के कारण अह अज्ञान से अपने को मानता है।[१६१]

शेलिग के अनुसार परमतत्त्व स्वय को सीमित कर सर्वप्रथम अचेतन प्रकृति का निर्माण करती है। तत्पश्चात् आत्म चैतन्य की प्राप्ति के लिए जीवात्माओ का निर्माण करती है। जीवात्मा को सकल्प–स्वातत्र्य और आत्मबोध की प्राप्ति के लिए समाज और राज्य की आवश्यकता होती है। क्योकि समाज और राज्य हमारी स्वार्थपूर्ण एव वासनामय भावनाए स्वत उदात्त हो जाती है और नैतिकता के उच्च शिखर को हम प्राप्त करते है।[१६२] हेगेल कहता है कि प्रकृति के सारतत्त्व के रूप मे आत्मा की उत्पत्ति हुई है । अत आत्मा और प्रकृति को समकक्ष सत्ताए मानना ठीक नही है। यहाँ प्रकृति और आत्मा के बीच वही सम्बन्ध है जो अरस्तू के द्रव्य और

आकार के बीच है। अत आत्मा प्रकृति का एक विकसित रूप है। प्रकृति मे जो चैतन्य सूक्ष्म रूप से विद्यमान था। वही विकसित होकर सिद्धता को प्राप्त होता है। हेगेल के आत्म दर्शन मे द्वद्वात्मक विकास पक्ष विषयी आत्मा–विपक्ष विषय–आत्मा का समन्वयात्मक रूप निरपेक्ष आत्मा को उच्चतम समन्वय की प्राप्ति कला और धर्म के ऊपर दर्शन मे प्राप्त होता है। इसीलिए हेगेल मानता है कि निरपेक्ष आत्मतत्त्व की पूर्ण अभिव्यक्ति है। जीवात्मा के रूप मे हेगेल मानव विज्ञान के अर्न्तगत आत्मा का प्रकटीकरण मानते है । यह बुद्धि या विवेक का स्तर न होकर केवल भावना का रतर होता है जिसमे मानव की जाति राष्ट्र लिग आयु जागृति एव सुषुप्ति की अवस्थाओ मूल प्रवृत्तियो एव सवेगों का अध्ययन होता है। लेकिन जब जीवात्मा बाह्य जगत के सम्बन्ध मे विचार करती है तो वह बाह्य परिस्थितियो ओर अन्य जीवात्माओ से ही नही अपितु अपने शरीर से भिन्न आत्म चेतन को रवीकार करने लगती है।[१६३] ब्रैडले जीवात्मा को आभास मात्र मानता है। वह कहता है कि जीवात्गा की कल्पना गे इतनी विरागतिया है कि उसे सत् नही माना जा सकता है। अत वह देहात्म–सम्बन्ध को नही मानता उसके अनुसार विषम निर्णय के बीच तादात्म्य कैसे हो सकता है। यही कारण है कि वह आत्म चैतन्य जिसमे छदम रूप से द्वैत है अर्थात आत्म–अनात्म के कारण तादात्म्य को सम्भव नही मानता है।एक मात्र चेतन सत्ता को रवीकार चिदणु के रूप मे रवतत्र और अनेकत्व की सभावना से ब्रैडले इकार करते है। क्योंकि इसमे व्याघात हो जाता है। वास्तव मे ब्रैडले तत्वमीमासा की दृष्टि से आत्मा की उक्त धारणा का निषेधात्मक पक्ष ही प्रस्तुत करते है। इसलिए वे कहते है कि मूलतत्त्व वही है जो आत्म निषेध ात्मक नही है। यही आत्मा का मूल रूप है।[१६४]

बर्गसा के अनुसार आत्मा एक ऐसी वृद्धिशील सत्ता है जो अपने पूर्व अनुभवों को स्मृति द्वारा साथ लेते हुए भविष्य के लक्ष्य की ओर अग्रसर होती है। बर्गसा के मत मे मनुष्य का विकारा हुआ है। जैसे अमीबा(आध्यजीव)से ऊपर उठने मे एक लम्बा समय लगा है। इनके अनुसार बुद्धि जीवन के प्रवाह को छिन्न –भिन्न कर देती है और अन्तहीन गत्यात्मक प्रक्रिया को बुद्धि एक स्थिर विषय अथवा ज्यामितीय गुणोत्तर श्रेणी के रूप मे परिणत कर देती है। लेकिन बुद्धि केवल यथार्थता का अवयव–विच्छेद ही नही करती बल्कि उसका फिर से निर्माण करने का प्रयास करती है। इसके व्यापार मे विश्लेषण और सश्लेषण दोनो रूप है अत यह देश–काल

और कारण—कार्य भाव के द्वारा एकत्व के बन्धनो मैं सम्भाल कर ग्रहण किये रहता है।[१६५]

आज के दार्शनिकों मे जैटाइल के अनुसार विशुद्ध प्रमाता की अवधारणा के अन्तर्गत इसे प्रमेय अथवा विषय नही माना जा सकता। आध्यात्मिक यथार्थता को समझना और इससे भी अधिक इसे जानना इसे अपने अन्दर जो इसे जानते है समाविष्ट कर लेता है।[१६६] यहॉ केयर्ड कहते है कि यदि प्रमेय पदार्थ का चेतन प्रमाता के साथ सम्बन्ध होना ज्ञान है तो यह जितना ही पूर्ण होगा उतना ही सन्निकट सम्बन्ध होगा और यह पूर्ण हो जाती है। जब द्वैतभाव प्रत्यक्ष पारदर्शी हो जाता है अर्थात् जब प्रमाता और प्रमेय मे एकत्व हो जाता है और जब द्वैतभाव केवल मात्र एकत्व को शब्दो मे प्रकट करने के लिए ही आवश्यक रह जाता है। सक्षेपत जब चैतन्य आत्म चैतन्य के रूप मे परिणत हो जाता है दूसरे एकहार्ट के अनुसार आत्मा के अन्दर एक ऐसी वस्तु है जो आत्मा के ऊपर है दैवीय है सरल है परमशून्य है नामरूप होकर अनाम है ज्ञात न होकर अज्ञात है यह ज्ञान के ऊपर है प्रेम से भी ऊॅची है कृपा से भी ऊॅची है क्योंकि इन सम्बन्धो मे भी भेद निहित है। इस प्रकाश को सन्तोष होता है केवल सर्वोच्च अनिवार्य तत्त्व से। इसका झुकाव सरल भूमि मे गोन निर्जन स्थान मे प्रवेश करने की ओर है जहॉ पर न पिता का न पुत्र का और न पवित्र आत्मा का ही कोई भेद रहता है। यह उस एकत्व मे प्रविष्ट होना चाहती है जहॉ किसी मनुष्य का निवास नही है। तब यह उस प्रकाश मे सतुष्ट होती है तब यह एकाकी है तब यह अपने मे एक है। चूॅकि यह भूमि एक सरल स्थिरता है। अपने आप मे अचल है किन्तु तो भी इस अचलता से ही सब वस्तुए गति प्राप्त करती है।[१६७]

आधुनिक वैज्ञानिक युग मे मनोविज्ञान और परामनोविज्ञान मे भी आत्मा की अमरता मे विश्वास किया जाता है। डा० स्टीवेसन ने पुनर्जन्म को वैज्ञानिक ढग से सिद्ध किया। ट्रुब्लड के अनुसार यदि मृत्यु के बाद मनुष्य के जीवन का अन्त मान ले तो स्वय हमारे नैतिक उत्थान सामाजिक व्यवस्था तथा विश्व शाति के लिए उसके द्वारा की गयी सभी कोशिशे निरर्थक हो जायेगी। अत आत्मा की अमरता मे विश्वास करना पडेगा फिर भी आज की परिस्थितियो मे मानवीय कर्मों के महत्व और सार्थकता को विचार करने के लिए कर्मवाद को एक ऐसा नैतिक सिद्धात मानना होगा जो व्यक्ति और समाज दोनो के लिए अतिमहत्वपूर्ण है, चाहे इसके लिए

तत्वमीमासीय दृष्टि से किसी अतिप्राकृतिक सत्ता को स्वीकार करे अथवा नही।[१६८]

पादटिप्पणी

१ – ईश्वरासिद्धे

२ – साख्यप्रवचनभाष्य – १/१२२ ५/६१ व ६५, ६/५२ व ६६

३ – साख्यप्रवचनभाप्य– स हि पर पुरुष सामान्य सर्वज्ञानशक्तियत् कर्तृताशक्तिमच्च–३/५७ व ५/१२

४ – मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–२२

५ – मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–२१२–२१३

६ – त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन, पृष्ठ–६७–६८

७ – त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ– १२६–१३७

८ – प्रसाद डॉ० राजेन्द्र दर्शनशास्त्र की रूपरेखा पृष्ठ–११०–१११

६ – त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन, पृष्ठ–१८५–१८६

१०– मेटाफिजिक्स १०७८बी २८ रास कृत आग्लभापा अनुवाद

११– मेटाफिजिक्स १०८६ए ३२

१२– साख्यकारिका – ३

१३– फल्केनबर्ग आर० हिस्टी ऑफ माडर्न फिलासफी पृष्ठ–६५

१४– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–२१३

१५– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ– २१३–२१४

१६– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड–२ पृष्ठ– २६ ३० व ३३

१७– दयाकृष्ण, प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास भूमिका पृष्ठ–v

१८– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास, खण्ड–२ पृष्ठ– ७५ व

१६– सिह बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ– १६४ व १६६

२०– सिह बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ– १६१–१६२

२१– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास भूमिका, पृष्ठ –iv

२२– चन्द्र रमेश अनुवादक दर्शन के प्रकार मूल लेखक–हाकिग पृष्ठ– १२६–१२८

२३— मोनाडॉलजि २०

२४— मोनाडॉलजि ६० ६ व १५ ७३

२५— मेयर एफ० हिस्टी ऑफ माडर्न फिलासफी पृष्ठ— १६ व १३६

२६— लॉक एन एशे पृष्ठ—१८६

२७— प्रिंसिपल्स —————————— परिच्छेद —१४२

२६— प्रिंसिपल्स ऑफ ह्यूमन नॉलेज परिच्छेद०— ३४ व १४६

३०— क्रिटिक ऑव प्योर रीजन डायलेक्टिक पुस्तक—२ अध्याय—१ अन्तिम अनुच्छेद

३१— क्रिटिक ऑव प्योर रीजन डाइलेक्टिक पुस्तक—२ अध्याय—१ अनु०—V पृष्ठ—१२५

३२— क्रिटिक ऑव प्योर रीजन डाइलेक्टिक पुस्तक—२ अध्याय—१ अनु०—V पृष्ठ—१५७—१५६

३३— क्रिटिक ऑव प्योर रीजन अध्याय—आदर्शवाद का खण्डन

३४— राधाकृष्णन एस० इण्डियन फिलासफी भाग—२ पृष्ठ—५२१—५२२

३५— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—३७२—३७४

३६— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—३८०—३८१

३७— बेली जे० बी० अनुवादक द फेनामेनालजि ऑव माइड पृष्ठ — ८६

३८— द साइस ऑव लॉजिक खण्ड—१ पृष्ठ—८३

३६— कोपिल्स्टन ए हिस्टी ऑव फिलासफी खण्ड—६ भाग—२ डबल डे सस्करण

४०— ट्रुथ एण्ड रिएलिटी, पृष्ठ—४२८

४१— सक्सेना, सुशील कुमार स्टडीज इन द मेटाफिजिक्स ऑव ब्रैडले

४२— एपीयरेस एण्ड रिएलिटी पृष्ठ—२०६—२०७

४३— लॉजिक खण्ड—२ पृष्ठ—६५१

४४— चन्द्र रमेश, अनु० दर्शन के प्रकार पृष्ठ—१२६

४५— तिवारी के० एन० तत्त्वमीमासा एव ज्ञानमीमासा पृष्ठ—१४०—१४१ निगम शोभा पाश्चात्य दर्शन के सम्प्रदाय पृष्ठ—६

४६— साख्यप्रवचनसूत्र, १/६३—६४ व ५/१ तत्त्वकौमुदी पृष्ठ—५७

४७— ईश्वरस्यापि धर्माधिष्ठानार्थं प्रतिबधापनय एव व्यापर — तत्त्ववैशारदी सा० सू०—४/२ पर

४८— पापिनी ज्ञानप्रतिबधार्थम्

४६— साख्यप्रवचनभाष्य सा० सू०—१/१२२ ५/६१ व ६५ ६/५२ व ६६ पर

५०— साख्यप्रवचनभाष्य सा० सू०—३/५७ व ५/१२ पर

५१— त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ—५२ व ५७ साख्यप्रवचनसूत्र १/१२१

५२— त्रिपाठी डा० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ—५६—६० एम्पेडाक्लीज तत्त्वो का सिद्धान्त

५३— त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ—१३७—१३८

५४— त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ—१८०—१८२

५५— त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ— १८६—१६१

५६— त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ— १६३—१६५

५७— राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग—२ पृष्ठ—२८६—२६०

५८— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—१२८—१२६

५६— दयाकृष्ण, प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड—२ पृष्ठ—६८—६६ और भूमिका—vi

६०— दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड—२ पृष्ठ— ६३—६५ व ६८

६१— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—२१६

६२— राधाकृष्णन एस० इण्डियन फिलासफी भाग—२ पृष्ठ—३१८

६३— दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड—२ पृष्ठ—१५७

६४— दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड—२

६५— दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड—२ पृष्ठ— १६०—१६१

६६— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—३६०—३६२

६७— श्रीवास्तव जे० एस० अर्वाचीन दर्शन का वैज्ञानिक इतिहास पृष्ठ—४७ मसीह याकु पाश्चात्य आधुनिक दर्शन की समीक्षात्मक व्याख्या पृष्ठ—२४६

६८— राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग—२ पृष्ठ—३०३ की पादटिप्पणी

६६— दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड—२ पृष्ठ—२६६ की छठी पादटिप्पणी

७०— सिह डॉ बी० एन०, पाश्चात्य दर्शन, पृष्ठ— २८६—२६१

७१— सिह डॉ बी० एन०, पाश्चात्य दर्शन, पृष्ठ— २६७—२६८

७२– मसीह याकु पाश्चात्य आधुनिक दर्शन की समीक्षात्मक व्याख्या पृष्ठ– १५६–१६०

७३– लॉजिक खण्ड–२ पृष्ठ–३६ की पादटिप्पणी व ५४०

७४– श्रीवास्तव जे० एस० अर्वाचीन दर्शन का वैज्ञानिक इतिहास पृष्ठ–१०२ व ८६–८७

७५– श्रीवास्तव जे० एस० अर्वाचीन दर्शन का वैज्ञानिक इतिहास पृष्ठ–१६०–१६१ १६४–१६५ व १६८

७६– लाल बी० के० समकालीन पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ–२५८–२५६ २६२ व २६७

७७– हिक जॉन फिलासफी ऑव रिलिजन पृष्ठ–८

७८– गेलोवे जार्ज द फिलासफी ऑव रिलिजन पृष्ठ–४७०

७६– दासगुप्ता हिस्ट्री ऑव इण्डियन फिलासफी खण्ड–१ पृष्ठ–२४४

८०– दासगुप्ता हिस्ट्री ऑव इण्डियन फिलासफी खण्ड–१ पृष्ठ– २४६

८१– प्रतिक्षण परिणमिनो हि सर्व एव भावा ऋते चितिशक्ते – ५ साख्यतत्त्वकौमुदी ।

८२– राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग–२ पृष्ठ–३२६

८३– राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग–२ पृष्ठ–२६३–२६४

८४– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड–२ पृष्ठ–४५८

८५– देवराज डॉ० एन० के० पूर्वी और पश्चिमी दर्शन पृष्ठ–१३५–१३७

८६– द पॉजिटिव साइसेज ऑव हिन्दूज पृष्ठ–४

८७– राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग–२ पृष्ठ–३३३

८८– राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग–२ पृष्ठ– ३२५

८६– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड–२ पृष्ठ–३३६

६०– हिस्टी ऑव फिलासफी खण्ड–३ पृष्ठ–४७८

६१– शेलिग ऑव हयूमन फ्रीडम पृष्ठ– ७४ ८३ व ६०

६२– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड–२ पृष्ठ–३२२ की

६३– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड–२ पृष्ठ–३३५–३३६

६४– हिस्टी ऑव फिलासफी खण्ड–३ पृष्ठ–२५

६५– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड–२ पृष्ठ– ३३८

६६– देवराज डॉ० एन० के० पूर्वी और पश्चिमी दर्शन पृष्ठ– १४८–१५१

९७– द साइस ऑव लॉजिक खण्ड–१ पृष्ठ–६५

९८– हेगेल फिलासफी ऑव नेचर खण्ड–१ परि०–२९८ की पादटिप्पणी पृष्ठ–२०९

९९– दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खएड–२ पृष्ठ–३५६

१००– राधाकृष्णन एस० इण्डियन फिलासफी भाग–२ पृष्ठ– ३३३

१०१– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ– २६२–२६४

१०२– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ– २६३–२६६

१०३– पैट्रिक जी० टी० डब्ल्यू० इण्टाडक्शन टू फिलासफी पृष्ठ–१२५

१०४– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–२७१

१०५– डार्विन चार्ल्स ओरिजिन ऑव स्पेसीज पृष्ठ– ४२६

१०६– डार्विन चार्ल्स ओरिजिन ऑव स्पेसीज पृष्ठ– १०२–१०३

१०७– डार्विन चार्ल्स ओरिजिन ऑव स्पेसीज पृष्ठ– ६६

१०८– डार्विन, चार्ल्स ओरिजिन ऑव स्पेसीज पृष्ठ– १३१

१०९– डार्विन चार्ल्स ओरिजिन ऑव स्पेसीज पृष्ठ– ६–२०

११०– बर्गसा क्रीएटिव इवोल्यूशन पृष्ठ–१७४ व x

१११– बर्गसा क्रीएटिव इवोल्यूशन पृष्ठ– १०७–१०८

११२– बर्गसा क्रीएटिव इवोल्यूशन पृष्ठ– ५६–५७

११३– बर्गसा माइड–इनर्जी पृष्ठ–१३

११४– बर्गसा क्रीएटिव इवोल्यूशन पृष्ठ–४१

११५– बर्गसा क्रीएटिव इवोल्यूशन, पृष्ठ– ५३–५४

११६– बर्गसा क्रीएटिव इवोल्यूशन पृष्ठ– १०९

११७– बर्गसा क्रीएटिव इवोल्यूशन पृष्ठ– ६२

११८– देवराज डॉ० एन० के० पूर्वी ओर पश्चिमी दर्शन पृष्ठ– १६५–१६६

११९– मार्गन लायड इमर्जेंट इवोल्यूशन

१२०– मिश्र डॉ० अर्जुन, दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–३०६

१२१– व्हाइटहेड साइस एण्ड दमार्डन वर्ल्ड पृष्ठ–१४५

१२२– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–३०७–३०८

१२३– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–३०८–३०६

१२४– मिश्र डॉ० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–३१० दीवानचन्द्र तत्त्वज्ञान पृष्ठ–११६

१२५– मिश्र डा० अर्जुन दर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ–२६३

१२६– राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग–२ पृष्ठ–३३४

साख्यप्रवचनभाष्य – सा० सू० ५/१२

१२७– प्रकृतिलीनस्य जन्येश्वरस्य सिद्धि – ३/५७ सा० सू०

१२८– सिविलाइजेशन एण्ड इथिक्स भाग–२ भूमिका पृष्ठ–१२

१२६– देवराज डॉ० एन० के० भारतीय दर्शन पृष्ठ–४०१

१३०– साख्यप्रवचनसूत्र– ५/१२

१३१– सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ– ६

१३२– सिह डॉ०बी०एन०, पाश्चात्य दर्शन पृ०–२५व२८ त्रिपाठी डॉ०सी०एल० ग्रीक दर्शन पृ०–७६–७७

१३३– त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ– ८३ व ८६–८७

१३४–त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ– १३८–१४०

१३५–त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ– १४२–१४४

१३६– त्रिपाठी, डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ– १४५–१४६

१३७– राधाकृष्णन्, एस० इण्डियन फिलासफी भाग–२ पृष्ठ–५६८ की पादटिप्पणी

१३८– त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ–२०६–२०७

१३६– त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ– २०७ २०६ २१४–२१५ व २१७–२१८

१४०– प्लेटो रिपब्लिक

१४१– त्रिपाठी डा० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ–२६६–२६७

१४२– त्रिपाठी डॉ० सी० एल० ग्रीक दर्शन पृष्ठ– २६६–२७१

१४३– सिह डॉ० बी० एन०, पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ–१११–११७

१४४– मेडिटेशस ऑन द फर्स्ट फिलासफी सख्या–२

१४५– दयाकृष्ण प्रो०, पाश्चात्य दर्शन का इतिहास खण्ड–२, भूमिका पृष्ठ–IV

१४६— मेडिटेशस ऑव द फर्स्ट फिलासफी सख्या—२

१४७— रिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—२०३ व २०६—२०८

१४८— रिह डा० बी० ए न० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ - २१४—२१५ व २२२—२२३

१४६— मोनार्डोलजि ७१ व ७३

१५०— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—२३६—२४१

१५१— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ— २६६

१५२— लॉक एन एशे कसर्निंग बुक—II, सेक्शन—xIII व xxIII, १५

१५३— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—२६८—२७१

१५४— दयाकृष्ण प्रो० पाश्चात्य दर्शन का इतिहास ाण्ड—२ पृष्ठ—१८६ व १८८—१८६

१५५— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—३६०

१५६— देवराज डॉ० एन० के० भारतीय दर्शन पृष्ठ—५२३

१५७— काट क्रिटिक ऑव प्योर रीजन खण्ड—v, पृष्ठ—१५७

१५८— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ—३५३

१५६— सिह डॉ० बी० एन० पाश्चात्य दर्शन पृष्ठ— ३६६—३६७

१६०— राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग—२ पृष्ठ—४८४

१६१— भण्डारकर, आर० जी०, इण्डियन फिलासफी रिव्यू, पृष्ठ—२०० से आगे

१६२— श्रीवास्तव डॉ० जे० एस० अर्वाचीन दर्शन का वैज्ञानिक इतिहास पृष्ठ—५८

१६३— श्रीवास्तव डॉ० जे० एस० अर्वाचीन दर्शन का वैज्ञानिक इतिहास पृष्ठ— ७८—८०

१६४— श्रीवास्तव डॉ० जे० एस० अर्वाचीन दर्शन का वैज्ञानिक इतिहास पृष्ठ— ६८—१०२

१६५— राधाकृष्णन् एस० इण्डियन फिलासफी भाग—२ पृष्ठ—५२३

१६६— थियोरी ऑव माइड एज प्योर एक्ट पृष्ठ—६—७ व १०

१६७— हण्ट एशे ऑन पानथीइज्म पृष्ठ—१८०

१६८— वर्मा वी० पी० धर्मदर्शन की मूल समस्याए पृष्ठ—३३१—३३२ ३४४ व ३७३

अध्याय षष्ठम्

सांख्य दर्शन का अन्य भारतीय दर्शनों से तुलनात्मक अध्ययन

भारतीय दर्शन मे साख्य दर्शन का महत्वपूर्ण स्थान है यही कारण है कि शकराचार्य उसे प्रधानमल्ल कहते है। भारतीय दर्शन के विविध प्रकार की दार्शनिक विचाारधारा नास्तिक आरितक भौतिकवादी अध्यात्मवादी बहुत्ववादी द्वैतवादी अद्वैतवादी आदि मिलते है। साख्य दर्शन द्वैतवादी निरीश्वरवादी परिणामवादी ओर सत्कार्यवादी है। यथार्थवादी होकर भी वह अध्यात्मवादी से ओत–प्रोत है। अन्य भारतीय दार्शनिक परम्परा मे इसका तुलनात्मक अध्ययन इस प्रकार है—

(I) चार्वाक दर्शन

चार्वाक न तो श्रुति परम्परा में विश्वास करता है और न ही ईश्वर की सत्ता मे जबकि साख्य वेद आदि श्रुतियो मे विश्वास करती है। यद्यपि वह ईश्वर की सत्ता को रवीकार नही करती है। चार्वाक भौतिकवाद है जो मूल तत्त्व के रूप मे चार महाभूत पृथ्वी जल अग्नि और वायु को रवीकार करता है।[१] जबकि साख्य वस्तुवादी है और वह निरपेक्ष तत्त्व चेतन और निष्क्रिय पुरुष तथा जड और सक्रिय प्रकृति की सत्ता मानता है महाभूतो को तन्मात्राओ से उत्पन्न मानता है।

चार्वाक का चैतन्य किसी अभौतिक तत्त्व अर्थात् आत्मा का गुण नही है। उक्त चारो जड तत्त्वो के मिश्रण से ही चैतन्य गुण उत्पन होता है। जैसे पान कत्था चूना और सुपारी किसी मे लालिमा नही होती है। जब उन्हे मिलाकर खाया जाता है तो लाली उत्पन्न होती है।[२] इस प्रकार चेतन शरीर ही आत्मा है।[३] इसे भूतचैतन्यवाद कहा जाता है। साख्य शुद्ध चैतन्य पुरुष की सत्ता मानती है अत वह आत्मवादी दर्शन है आत्मा नित्य स्वप्रकाश स्वत सिद्ध ज्ञाता रूप है। चार्वाक केवल उन्ही तत्त्वो की सत्ता मे विश्वास करता है जिनका प्रत्यक्ष चार्वाक एक मात्र प्रमाण प्रत्यक्ष को स्वीकार करता है किया जा सके। लेकिन साख्य अध्यात्मवादी दर्शन होने से अतीन्द्रिय अनूभुति को भी स्वीकार करती है। यही कारण है कि वह अतीन्द्रिय सत्ता को भी मानती है।

चार्वाक कारणकार्य भाव को अस्वीकार कर सृष्टि के लिए स्वभाववाद को मानता है। जिसके अनुसार उपादान कारण जडतत्त्वो के द्वारा ही सृष्टि होती है। लेकिन उपादान द्रव्य

रवत क्रियाशील नही होता है। निष्क्रिय होने पर परिणामनशीलता तथा विकास के लिए निमित्त कारणभूत की कल्पना आवश्यक हो जाती है। चार्वाक मत मे जडतत्त्वो का अपना स्वभाव होता है अपने–अपने रवभाव के अनुसार वे सयुक्त होते है और उनके स्वत सम्मिश्रण मे ससार की उत्पत्ति होती है। जड तत्त्वो का आकस्मिक सयोग होता है। क्योकि इसके अनुसार ससार की उत्पत्ति किसी प्रयोजन साधन के लिए नही हुई है।[४] लेकिन साख्य सृष्टि के लिए निमित्त कारण पुरुष और उपादान कारण प्रकृति को मानती है। वह प्रकृति परिणामवादी है। कारणकार्य को रवीकार कर सत्कार्यवाद जिसके अनुसार कार्य अपने कारण मे पहले से ही निहित होता है को स्वीकार करती है। जिसमें जगत को सत्य माना जाता है। साख्य सृष्टि को प्रयोजनमूलक मानती है।

चार्वाक मे मुख्यत दो मत महत्वपूर्ण है एक स्वभाववाद और दूसरा यदृच्छावाद। पहला मत जगत मे परिवर्तन को वस्तुओ का स्वभाव मानता है और दूसरे मत मे यदृच्छिक (मनमाने तौर पर) है। दोनो ही प्रकृति के आधार पर दोनो सत्ता नही मानती पर दोनो मे ये अन्तर है कि रवभाववाद का विश्व अन्यत्र नही आत्मतन्त्र है। लेकिन आत्मा शब्द पूर्णत भौतिक है। यही कारण है कि कारणविहीन जगत मे चार्वाक भौतिक जगत तक ही सीमित रहा। फल की अनियमतिता के कारण यदृच्छवादियो की भोग प्रवृत्ति को बढावा मिला। साख्य मत के ठीक विपरीत चार्वाक प्रकृति की एकरूपता और नियमतिता पर विश्वास नही करते। जो कुछ एकरूपता दिखाई पडती है वो उसका तत्कालीन प्रभाव है। इसके पीछे अप्रत्यक्ष नियमो कि कल्पना ठीक नही है। यहॉ प्रकृति मे एकरूपता के नियम का निषेध है। ये काकतालीय न्याय मात्र है। सबकुछ अतार्किक परिस्थिति है।[५] चार्वाक सभी परिवर्तन की घटनाओं एव जीव की उत्पत्ति को आकास्मिक मानता है। क्योकि ये रात्कार्यवाद के विपरीत है। अपने रवरूप से पूर्व निर्धारित रूप गे यथा तथ्य नही गानता।

जडात्मक बहुतत्वादी चार्वाक मृत्यु को ही अन्तिम सत्य मानता है तथा ऐहिक सुखवाद को रवीकार्य करता है।[६] वही द्वैत वस्तुवादी साख्य मोक्ष को जीवन का अन्तिम ध्येय मानता है और दुख त्रयाभिघाता से मुक्त जीवन पर बल देता है जिसके लिए एक मात्र साधन विवेक ज्ञान है।

(II) जैन दर्शन

जैन दर्शन तत्त्वमीमासा वस्तुवादी और सापेक्षतावादी बहुत्ववाद है। मूलतत्व द्रव्य[७] को दो प्रकार का मानता है। जीव और अजीव ये क्रमश चेतन ओर अचेतन है।[८] लेकिन ये दोनों बिल्कुल विरोधी नही अपितु विश्व के दो मूल अगो के रूप मे सहवर्ती सघटक है। जिनसे सारा जगत प्रवर्तमान है। ये साथ–साथ रहते हुए भी पररपर रवतन्त्र है। साख्य दो निरपेक्ष और पररपर रवतत्र–चेतनरूप निष्क्रिय पुरुष और अचेतन रूप सक्रिय प्रकृति की मात्रा स्वीकार करता है। जैन जीव जगत के सारे चेतन भोक्ता वर्ग के लिए प्रयुक्त है। अत वह ज्ञाता कर्ता और भोक्ता रूप है। ज्ञान जीव का रवरूप गुण होने से ज्ञाता है। जीव कर्मों का वास्तविक कर्ता होने से कर्मफलों का वास्तविक भोक्ता है। जीव न विभु है और न अणु। लेकिन साख्य का पुरुष मूलत द्रष्टा अर्थात साक्षी चेतन है। अत वह वास्तविक कर्ता या भोक्ता नही है। पुरुष बहु है पर उनमे गुणात्मक या भावात्मक भेद नही है। जबकि जैन मे विभिन्न शरीरों के लिए आकार भेद के साथ जीवो कि इन्द्रियो की सख्या मे भी भेद पाया जाता है। किसी की एक किसी की दो या तीन या चार या किसी की पॉच इन्द्रियॉ होती है।[९] जैसे क्रमश शख चींटी, भौरा और मनुष्य।

अजीव योग्य है जिसका अनुभव स्पर्श घ्राण तथा रसनेन्द्रिय से सम्भव है। अमूर्तजीव आकाश काल धर्म और अधर्म है जबकि मूर्त अजीव द्रव्य पुद्गल[१०] रहता है। जगत के सारे पदार्थ जिनका भौतिक इन्द्रियो द्वारा प्रत्यक्ष ज्ञान किया जाता है के परिवर्तन तथा गतिया देखी जाती है। सब पुद्गल है जीवात्मा के साथ सश्लिष्ट होकर ये बन्धन का कारण बन जाते है।[११] पुद्गल तथा जीवो मे क्रिया और भाव दोनो है। इसी कारण उसमे परिणाम सम्मेलन तथा विकरण के माध्यम से जगत की उत्पत्ति स्थिति ओर विनाश दृष्टिगोचर होते है।[१२] शक्ति का निर्माण एव विकास जीव द्वारा होता है क्योकि निमित्त कारण बनकर पुद्गल कण समूहो को रूप देकर शरीर का निर्माण करते है। साख्य की प्रकृति अचेतन है पर वह इन्द्रिय प्राप्त नही है। वह जगत का निर्माण सूक्ष्म से स्थूल की ओर करती है। यहॉ प्रकृति पुरुष के लिए समस्त कार्य करती है। पुरुष सृष्टि में पूरी तरह असयुक्त है परिवर्तन प्रकृति में होता है। अत यह प्रकृति परिणामवादी है पुरुष नही। यद्यपि जेनी पुरुष को निष्क्रिय मानने मे साख्य को

अक्रियावादी कहते है।[१३]

जैन में सृष्टि की रचना किसी एक तत्त्व विशेष से नही अपितु उक्त हर भौतिक तत्त्वो से हुई है। इनमे से जीव और पुद्‌गलो की सख्या अनन्त है। इन द्रव्यो की न तो किसी देश–काल मे किसी तत्त्व मे सलिप्त होते है। ये अनादि और अनन्त है। लेकिन हम अनाद्यानन्त स्थिति मे परिवर्तन भी होता है। ऐसा वे अपने स्वभाव मे सन्निहित कर्मशीलता परिवर्तनशीलता के कारण निरन्तर परिवर्तित होते रहते है और इस प्रकार यह सृष्टि प्रवाह निरन्तर प्रवाहमान रहता है।[१४] सृष्टि और प्रलय से रहित एक शाश्वत लोक है जिसके विविध लोको मे प्राणी स्वाभाव के अनुसार जन्मादि ग्रहण करते है। कर्म का अर्थक्रिया नही अपितु भावशक्ति या भौतिकता के प्रति मोह है। इसी कर्मबीज के दग्ध हो जाने पर[१५] जन्म–मरण रूपी भव से छुटकारा मिल जाता है।

जैन यथार्थवाद मे साख्य दर्शन से आगे है वह पुद्‌गल को यथार्थ नही मानता है। अपितु जीव जैसा सूक्ष्म प्रत्यय भी यथार्थ है। जीव को भौतिक तो नही मानता लेकिन उसमें पुद्‌गल के सम्बन्ध को इतना वास्तविक मानता है कि इससे जीव भौतिकता के काफी करीब आ जाता है। साख्य के प्रकृति पुरुष के सबध की भाति यह सबध औपचारिक नही है। अपितु व्यावहारिक है। यहॉ अनुभूत विषय ही नही अनुभवकर्ता प्रमाता या विषयी भी उतना ही यथार्थ है। यही नही कर्म को भी पुद्‌गल मानकर जीव से उसका सम्बन्ध अनादि काल से मान लेता है।[१६] अत अनादि होने के कारण इसमे हेतु का अन्वेषण भी निरर्थक लगता है। जहॉ साख्य की प्रकृति सूक्ष्म ही नही स्थूल विषयो को भी उत्पन्न करती है। अपने स्वरूप मे वह साधारण अनुभव रूप नही, अपितु सूक्ष्म है। वही जैनियो का पुद्‌गल साधारण अनुभव का वास्तविक स्थूल विषय है।[१७] वस्तुओं की मूल प्रकृति के रूप मे आधारभूत द्रव्य की अवधारणा साख्य की प्रकृति को अनुभव के धरातल से काफी दूर जा पटकती है। सारे विकास कि आधार भूमि मात्र बनने से वह प्रत्ययवादी अवधारणा बन जाती है। इसका सारा विकास ससार मे औपचारिक रूप मे फसे पुरुष के लिए है। वह परितर्वन भी वस्तुरूप सत्य या वस्तुगत नही। उसकी विषयी सत्ता प्रकृति को सामान्यबोध से परे बना देती है।[१८] दूसरी ओर सारी प्रक्रिया आरोपण मात्र होने के कारण नैतिक

उत्तरदायित्व की गम्भीरता को कम कर देती है। जो नैतिकतापरक जैन धर्मावलम्बी को अभीष्ट नही। उसकी दृष्टि मे पुद्गल विभिन्न परिणामो को प्राप्त होता है। परिणाम की वास्तविकता प्रत्येक जीव को धार्मिक बन्धन के लिए गम्भीर उत्तरदायी सिद्ध करती है।[१९]

जैन दर्शन में काम, मन तथा वाणी को भौतिक मानना साख्य मे इनके प्रकृति मे उत्पत्ति होने के समान है एव वैज्ञानिक तेजस भूतादि और कर्मात्मा चार प्रकार के अहकारो का जैन दर्शन के आहारक वैक्रियक तैजसिक और कार्मण चार प्रकार के भौतिक शरीरो से पूरा साफ है।[२०]

भौतिक जगत के अध्ययन मे जैनियो ने पुद्गल के विश्लेषण के द्वारा अपने भौतिक परमाणु सिद्धात के प्ररतुत किया है।[२१] पुद्गलो की सबसे छोटी ईकाई अविभाज्य रूप परमाणु है। वह रवय ही अपना आदि मध्य और अत है। तथा इसे इन्द्रियो से ग्रहण नही किया जा सकता है।[२२] ये परगणक गुण और आकार की दृष्टि से पररपर समान है।[२३] जैन दर्शन का रासायनिक सम्मिलन का सिद्धात सभी परमाणुवाद की अपनी विशेषता है जिसमे किसी आत्मतत्त्व की आवश्यकता नही है। अपितु परमाणु का स्वभाव ही इसे सम्भव बना देता है।[२४] यही कारण है कि नित्यानित्यात्मक वस्तु रवभाव को विश्व का कर्ता–धर्ता मानने के कारण उसे स्वभाववादी भी कहा जाता है। द्रव्य गुण और पर्याय वाला है। पर्याय का व्यवहार उत्पाद एव व्यय के लिए है। वेदो मे परिवर्तन के सूचक गुण का व्यवहार ध्रौव्य के लिये है जो नित्यता वाचक है।[२५] उत्पत्ति सत्ता और विनाश दोनो पदार्थों के सहलक्षण है। परिवर्तन की अवस्था मे सर्व भी पदार्थमूलक द्रव्य के सातत्य के कारण पूर्वावस्था युक्त है। जबकि अपनी नवीनता के कारण पूर्वावस्था से हीन भी है। परिवर्तन मे एक वस्तु के स्वभाव पर दूसरी वस्तु आना जरूरी है। परन्तु इराके लिये किसी ऐसे आधार कि आवश्यकता है जो दोनो वरतुओ के लिए सामान्य हो।[२६] अत सब द्रव्य के सापेक्ष स्वभाव है। लेकिन साख्य मत मे मात्र प्रकृति को परिवर्तन का आधार माना गया है। जो अपना त्रयगुण सत्व–रजस–तमस के द्वारा जगत की उत्पत्ति और परिवर्तन का आधार बनती है जो प्रकृति की उत्पाद–स्थिति–विनाश का आधार है। प्रकृति पुरुष के सयोग से ही सृष्टि करती है। लेकिन पुरुष इससे अछूता रहता है। जैन के जीव के ही भॉति साख्य का पुरुष सृष्टि प्रक्रिया मे भाग नही लेता। अत मोह प्रकृति मे परिणामवादी

सत्कार्यवाद को रवीकार करती है। वास्तव मे जैन दर्शन मे विश्व कि सारी घटनाए जटिलता से परिपूर्ण है। किसी सामान्य नियम को बनाकर उस पर तर्कपूर्वक आग्रह करना अतिसामान्यीकरण है और वह वास्तविक जगत से दूर की वस्तु हो सकती है।

जैन द्वारा वस्तुओ के प्रति व्यापक अनेकान्तवादी दृष्टिकोण अपना लेने पर सभी प्रतिमान विरोधो का अविरुद्ध रूप सहजगम्य हो जाता है। द्रव्य स्वरूप मे अपरिवर्तित होते हुए भी पदार्थ रूप मे अपने गुणो तक पर्यायो के कारण अनन्त रूपो का हो सकता है।[२७] इसीलिए इसके विषय मे कोई एक कथन पर्याप्त नही है। जैन तर्कशारत्र मे सप्तभगीनय किसी निश्चित स्वरूप की नही अपितु प्रसभाव्यता पर ही बल देती है। स्याद्वाद इसी मत की पुष्टि करता है। इस प्रकार जैन सारे अनुभवो को सापेक्ष बताता है तथा वास्तविकता को इन सभी सापेक्ष रूप से अन्य अनुमानो से निर्मित मानता है।[२८] जैनियो का अनेकान्तवादी यथार्थवाद दर्शन इतिहास की महत्वपूर्ण देन है। लेकिन निरपेक्ष तत्त्व की अपेक्षा जैन दर्शन की सबसे बडी कमी भी है। क्योकि बिना निरपेक्षवाद के सापेक्षवाद सिद्ध नही हो सकता। फलत रयाद्वाद जो आशिक और अपूर्ण है सत्य सिद्ध नही है। परगार्थ के बिना व्यवहार नही टिक सकता। जबकि दर्शन और न्याय की अन्त प्रेरणा निरपेक्ष आत्मतत्त्व भी माना गया है और इगित करता है। जिसकी जैन मत मे उपेक्षा की गई है।[२९] जैसा कि साख्य मे निरपेक्ष आत्मतत्त्व और पुरुष को स्वीकार किया गया है और पूर्ण सत्य के रूप मे विवेकज्ञान को।

(III) बौद्ध दर्शन

बौद्ध मत के अनुसार यह जगत किसी एक या दो या अधिक मौलिक तत्त्वो से मिलकर निर्मित नही है। यहाँ तत्त्वो का विभाजन तीन भागो मे किया जाता है। रकन्ध आयतन और धातु जगत कि प्रत्येक वस्तु वह जड हो या चेतन पचरकन्धो रूप वेदना सज्ञा सरकार और विज्ञान से मिलकर बना है। रकन्ध का अर्थ सघात अर्थात् समूहन है।[३०] लेकिन यह रपष्ठ नही है कि ये पचस्कन्ध एक ही तत्त्व के रूपान्तर है अथवा पृथक पाच तत्त्व है अथवा उनकी द्रव्यात्मक सत्ता है भी या नही। वारतव मे यहाँ अवयवी नाम की कोई वरतु अवयवो के अतिरिक्त कुछ भी नही

है। अवयवो का राघात भी अवयवी है। लेकिन राख्य मे दो मूल व निरपेक्ष तत्त्वो की सत्ता रवीकार की गई है। एक प्रकृति जो राक्रिय और अचेतन है तथा दूरारी पुरुष जो निष्क्रिय और चेतन है। इन दोनो के सयोग रो ही राम्पूर्ण जगत की सृष्टि होती है।

बौद्ध दर्शन मे कारणता सिद्धात प्रतीत्यसमुत्पाद [31] पर आधारित है। इसके अनुसार बाह्य और मानरा जितनी भी घटनाए होती है। राब के लिए कुछ न कुछ कारण अवश्य होता है। किरी कारण के बिना किरी भी घटना का अविर्भाव नही हो राकता है। यह नियम किरी चेतना शक्ति के द्वारा परिचालित नही होता। अपितु यह रवय चालित होता है। सामग्रियो के प्रत्यय अर्थात एक साथ होने रो ही कार्य उत्पन्न होते है। बोद्धगत मे यदृच्छावाद का निषेध प्रकृति की एकरूपता के आधार पर किया और यह भी माना कि कारण नियम मे किरी शक्ति की कोई भूमिका नही है। ये किसी आन्तरिक प्रयोजनवत्ता को नही मानते है। क्योकि इनके अनुसार कार्योत्पादनकारण का रवय को व्यक्त करना मात्र नही है। बल्कि वह कारण के साथ ही कुछ बाह्य राहकारी कारको का भी सयुक्त फल है। कारण कार्य के अनुक्रम मे अनिवार्यता तो है। लेकिन यह अनिवार्यता औपाधिक प्रकार की है। वह औपाधिक इसलिए है कि कोई सन्तति तब तक अस्तित्व मे नही आती जब तक कुछ उपाधियॉ पूरी न हो गई हो तथा वह अनिवार्य इसलिए है कि एक बार प्रारम्भ हो जाने के बाद सन्तति तब तक समाप्त नही होती जब तक उपाधियॉ बनी रहती है।[32] कारण सिद्धात की व्याख्या बौद्ध मतावलम्बी अलग–अलग करते है। वैभाषिक और सौत्रातिक जो अभिधार्मिक कहे जाते है। कारणो और अवस्थाओ के युगपत अस्तित्व को रवीकार करते है। ये बाह्य और आन्तरिक जगत को वारतविक और रवतन्त्र मानते है।[33] अत ये कारण कार्य मे नियत राहचर्य को स्वीकार करते है। लेकिन वैभाषिक बाह्य प्रत्यक्षवादी होने से अस्तित्ववादी है। तो सौत्रातिक बाह्य अनुमेयवादी होने के कारण क्षणिकवाद को मानते है शून्यवाद किसी भी साकार की रात्ता न मानने के कारण जगत को असत्य मानते है।[34] अत ये सापेक्षता सिद्धात पर बल देते है। परन्तु विज्ञानवादी एकमात्र विज्ञान जिन्हे हम बाह्य वरतुओ के रूप मे जानते है,[35] की सत्ता मानने के कारण सिद्धात को मानसिक अर्थात सप्रत्यात्मक मानते है।[36] रपष्ट है कि साख्य दर्शन बौद्ध धर्म से भिन्नता रखता है। साख्य दर्शन का कारण सिद्धात प्रकति परिणामवादी और सत्कार्यवादी है। उसके अनुरार जगत सत अर्थात् यथार्थ है। कार्य

अपने कारण मे पहले से ही विद्यमान रहता है और कार्य कारण की वास्तविक अभिव्यक्ति है।[३७] इस प्रकार सांख्य प्रयोजनवादी है। वह कारण मे निहित है। शक्ति सिद्धान्त को ही नही मानता अपितु आत्मरूप पुरुष की भी सत्ता स्वीकार करता है।

बौद्ध दर्शन मे कर्मवाद की स्थापना प्रतीत्यसमुत्पाद के द्वारा ही होती है। जिसके अनुसार वर्तमान जीवन पूर्ववर्ती जीवन के कर्मो का ही फल है और वर्तमान जीवन के कारण ही भविष्य जीवन की उत्पत्ति होती है। यही जीवन–चक्र पुर्नजन्म का आधार है।[३८] बौद्ध दर्शन साख्य की भॉति ही किसी ईश्वरवादी को जगत के सचालक के रूप मे स्वीकार नही करता। बौद्ध मत में पचस्कन्ध स्वभाव तथा कर्म के द्वारा इस विश्व का सचालन होता है। इस विश्व के नाना प्रकार के प्राणियो के नाना प्रकार के कर्मो के आधिपत्य से । केवल उन प्राणियो के देहादि उत्पन्न होते है। बल्कि उन प्राणियो के निवास स्थान अर्थात् लोक का भी निर्माण होता है। बौद्धों के कर्म सिद्धात को व्यापक स्तर पर जीवन और जगत दोनो की उत्पत्ति और विनाश पर लागू किया। वे शाश्वत विश्व के स्थान पर सृष्टि और प्रलय को स्वीकार करते है।[३९] सांख्य दर्शन कर्मवाद और पुनर्जन्म को स्वीकार किया गया है। इसके अतिरिक्त वह दु ख की व्यापकता को स्वीकार करता है।[४०] अत साख्य और बोद्ध दोनो दु ख से मुक्ति की बात करते है।

बौद्ध मत मे सभी वस्तुए सस्कृत है। अत वे अनित्य है। महाभूतो से निर्मित वस्तुए कुछ समय के बाद ही नष्ट हो जाती है। जबकि चित् अर्थात् विज्ञान अहर्निश दूसरा ही उत्पन्न होता है और दूसरा ही नष्ट होता है। इस प्रकार एक का विनाश और दूसरे का उत्पाद लगातार होता रहता है। यही क्षणिकवाद जो अनित्यवाद भी कहलाता है।[४१] जितनी भी वस्तुए है। सभी की उत्पति कारणानुसार हुई है। ये सभी वस्तुए सब तरह से अनित्य है।[४२] महात्मा बुद्ध ने इस विचार को अनित्यवाद कहा है। इस सम्बन्ध मे युक्ति दी गई है। किसी वस्तु की सत्ता का लक्षण उसका अर्थक्रियाकारित्व अर्थात् किसी कार्य के उत्पन्न करने की शक्ति।[४३] अत सत्ता के लिए अर्थक्रियाकारित्व आवश्यक है। ससार की सभी वस्तुए प्रति क्षण बदलती रहती है। क्योकि किसी भी वस्तु मे प्रति क्षण एक ही प्रकार के परिणाम की सभावना रहती है। अत प्रत्येक वस्तु की सत्ता क्षणभर की है।[४४] वास्तव मे प्रत्यक्षीकरण के किन्ही दो क्षणो में वस्तुए केवल सादृश्य होती

है और इस सादृश्य को गलती से हम तादात्म्य मान लेते है। अनुभव की प्रत्येक अवस्था आर्विभूत होने के बाद तुरन्त तिरोहित होते ही अगली अवस्था में लीन हो जाती है और इस प्रकार प्रत्येक आगामी अवस्था मे सभी पूर्वगामी अवस्था अव्यक्त रूप मे विद्यमान रहती है। जो अनुकूल परिस्थितियो मे अपने को अभिव्यक्त कर देती है।[४५] प्रक्रिया ही वस्तु है इस प्रकार बोद्ध दर्शन उपादान के अभेद के अर्थ मे एकता को तो अस्वीकार्य करता है। लेकिन उसके स्थान पर सातत्य को मान लेता है। साख्य सिद्धात जगत की क्षणिकता को स्वीकार करती है। किन्तु यह क्रियागत है। साख्य सत कारण की सत्कार्य रूप अभिव्यक्ति मानती है। वह नित्य सत्ता को स्वीकार करती है। इस प्रकार साख्य बौद्ध मत की समग्र क्षणिकवाद को स्वीकार नही करती है। क्योंकि बोद्ध किसी भी नित्य सता को स्वीकार नही करती। जबकि साख्य में निरपेक्ष और नित्य प्रकृति के अस्तित्व को स्वीकार कर सत्कार्यवादी सृष्टि विकास को मानते है।

बोद्ध दर्शन मे कूटस्थ नित्य चैतन्य रूप आत्मा की सत्ता को नही माना गया है। अत ये अनात्मवादी है। इनके अनुसार जीवन विभिन्न क्रमबद्ध और अव्यवस्थित अवस्थाओं का एक प्रवाह या सतान है। विभिन्न अवस्थाओं की सन्तति को ही जीवन कहते है।[४६] जीवन पूर्ववर्ती वर्तमान परवर्ती विभिन्न अवस्थाओ मे पुर्वापर कारण कार्य सम्बन्ध होता है। स्वय प्रतीत्यसमुत्पाद भूत, वर्तमान भविष्य तीनो कालो के अपने मे समाहित कर जीवन और जगत की व्याख्या करता है। मनुष्य केवल एक सघात का ही नाम है। जब तक यह सघात कायम रहती है तभी तक मनुष्य का अस्तित्व रहता है और जब यह नष्ट हो जाती है तब मनुष्य का भी अन्त हो जाता है। यह सघात 'पचस्कन्ध रूप है। इस सघात के अतिरिक्त आत्मा नाम की कोई वस्तु नही है।[४७] कर्म सिद्धात मे विश्वास बोद्ध दर्शन के लिए कोई दिक्कत शायद इसलिए पैदा नही करती क्योकि यदि कर्ता के बिना कर्म हो सकता है तो आत्मा के बिना भी पुनर्जन्म हो सकता है। बोद्ध तो प्रति क्षण पुनर्जन्म मानते है।[४८] साख्य के कर्मवाद और पुनर्जन्म का आधार आत्मरूप पुरुष है। यह पुरुष साक्षी रूप है, जो शुद्ध चैतन्य और नित्य है। यद्यपि साख्य के कर्मसिद्धात मे प्रतीत्यसमुत्पाद की भाति तीनो कालो अर्थात् प्रारब्ध सचित, क्रीयमाण कर्म का समाहार किया गया है। लेकिन जहॉं बौद्ध सत् प्रवाह को आधार मानती है। वही साख्य आत्मा की नित्य सत्ता भूत आधार को स्वीकार करती है। बौद्ध मत मे निर्वाण सुख रूप माना गया है। क्योकि बोद्ध

दु ख से छुटकारा पाना ही जीवन का सर्वोच्च साध्य मानता है।[४६] लेकिन यह प्रश्न उठता है कि अनात्मवाद मे सुखानुभूति कैसे सभव है। जब आत्मवादी साख्य मोक्ष को आनन्दहीन मानता है। वह मोक्ष को दु ख त्रयाभिघात से मुक्त मानता है पर सत गुण सापेक्ष सुख मानने के कारण आत्मा को आनन्द नही मानता है।

बोद्ध प्रत्यक्षवादी है। सारत बुद्ध प्रत्यक्ष ओर तर्क के दायरे के बाहर के किसी चीज को स्वीकार नही करते। क्योकि बौद्ध व्यवहारनिष्ठ है अर्थात जीवन की मुख्य बात दु ख से बचना है।[५०] बोद्ध का मत है कि दर्शन किसी को निर्मल नही करता केवल शाति प्रदान करती है। वैभाषिक और सौत्रातिक यथार्थवादी है। जिसमे विषयी और विषय दोनों वास्तविक स्वतत्र है लेकिन इनकी वास्तविकता और स्वतन्त्रता साख्य से भिन्न है। क्योकि साख्य मूलतत्त्व की सत्ता मानता है और सत्कार्यवादी है। जबकि उक्त दोनो तो किसी मूलतत्त्व को स्वीकार नही करते है तथा क्षणिकवाद मे सातत्य के आधार पर जगत को स्वीकार करते है।[५१] शून्यवाद की दृष्टि मे सब कुछ असत् है जो कि प्रतीतिमान है।[५२] अत यह साख्यमत से बिल्कुल ही भिन्न है। क्योकि साख्य जगत को सत मानता है। अत बोद्धमत में नैतिकता की स्थापना के लिए कोई सेद्धातिक आधार ढूढना मानो की झझावात मे क्षणिक रूप से पैर टिकाने की जगह ढूँढने की तरह है। विज्ञानवाद के मत मे एकमात्र विज्ञान की सत्ता है जो विज्ञप्तिमात्रता के द्वारा निरपेक्षवाद पर आधारित था। किन्तु स्वतत्र विज्ञानवाद ने इसका निषेध कर क्षणिकप्रवाहवानविज्ञान को स्वीकार किया जिसका प्रतिपादन आचार्य दिड्नाग ने किया। इन्होने साख्यमत की आलोचना[५३] मे कहा है कि साख्य जिन तर्कों से असत्कार्यवाद का खण्डन करते है। वे ही तर्क उसके सत्कार्यवाद के विरुद्ध भी प्रयुक्त किये जा सकते है। यथा– सत्य की उत्पत्ति नही हो सकती क्योकि जो सत्य है वह पहले ही उत्पन्न है। उसकी पुनर्रुत्पत्ति नही की जा सकती जब उत्पत्ति योग्य पदार्थ ही नही तो उपादान कारण ग्रहण की आवश्यकता नही। स्वतत्रविज्ञानवादी को असत्कार्यवादी की अपेक्षा अर्थक्रियासामर्थ्यवादी कहना अधिक उपयुक्त होगा। उसके असत्कार्यवादी का इतना ही अर्थ है कि प्रत्येक क्षणिक वस्तु अपनी उत्पत्ति से पूर्व क्षण मे असत है। किन्तु उत्पत्ति का अर्थ असत् पदार्थ की उत्पति नही अपितु अर्थक्रियासामर्थ्य है जो स्वय वस्तु का स्वरूप है। प्रकृति के नित्य होने से अर्थक्रियासामर्थ्य नही हो सकती और क्रमोत्पाद

नही कर राकती। दूसरे प्रकृति अकेले नही अपितु पुरुष के राहयोग से ही सृष्टि में प्रवृत्त होती है । फिर यदि कारण गे अभिव्यवित के लिए कोई अतिशय माना जाये तो इस अतिशय को ही कारण गानना होगा प्रकृति को नही। वास्तव गें बिना नित्य प्रकृति के राहायता लिए ही हग कार्य कारण वैचित्र्य को शक्ति भेद द्वारा सिद्ध कर राकते है।

प्रो० जैकोबी के गत गे बौद्धगत बारह हेतुओ की राहिता या रान्तान राख्य दर्शन की परम्परा की रपष्ट प्रतिच्छाया है। राख्य के प्रभाव के कारण ही बौद्धमत मे प्रधानतया जीवन दु खो के उद्भावक हेतुओ की व्याख्या की गई है। आचार्य गार्बे का भी यही गत है।[५४] ओल्डेनवर्ग का मत है कि बौद्ध दर्शन अपने मूल मे जगत को शून्य नही सद्वादी ही मानता है।[५५] प्रो० कीथ के अनुसार साख्य दर्शन और बोद्ध दर्शन मे कोई वास्तविक साम्य नही जैसे कि साख्य नित्यात्मवाद तथा यथार्थवाद का प्रबल पोषक है। परन्तु बौद्ध दर्शन नैरात्म्यवादी तथा अवस्तुवादी है। राख्य की परिणाग परम्परा के राथ बौद्धो के द्वादश हेतुओ के सन्तान ही कोई विशेष राम्बन्ध नही। जबकि प्रो० गार्बे का गत था कि अपने आरम्भ काल गे बोद्ध दर्शन न तो नेरारगयवादी ही था ओर न ही अवरतुवादी था। प्रो० कीथ[५६] के गत मे पुरुष एव गुण रिद्धात बौद्ध दर्शन गे नही है। कारणत ओर निराशावाद के लिए साख्य बोद्ध दर्शन का ऋणी है। बुद्धचरित्र[५७] मे आराध्य के उपदेश के आधार पर उक्त निष्कर्ष निकाला गया है। गुण साख्य का गोलिक प्रतिपाद्य है। जिराका प्रगाण ऋग्वेद[५८] गे भी गिलता है। प्रो० शारवैरकी[५९] के अनुसार राख्य के गुण के रथान पर रोतान्त्रिक धर्म को रवीकार करता है। जिन्हे गनोवैज्ञानिक रारार का उत्पादक मानते हैं। इनमे अन्तर यह है कि धर्म क्षणिक है और गुण नित्य है। जो प्रकृति रवरूप है। रार्वत्र क्षणिक रार्वशून्य ओर रार्वदु ख रो रागुत्पादित निराशावाद राख्य गे नही है। राख्य रारारिक दु ख गे सुख तथा रारारिक सुख गे दु ख को त्रिगुण रिद्धात के अनुरार मानते है। क्योकि साख्य मे प्रत्येक जागतिक पदार्थ त्रिगुणात्मक है। अत साख्य सुख दु ख दोनो के त्याग पर बल देता है। डा० राधाकृष्णन[६०] कहते है कि रासार की दु खग्राहिता तथा प्रकृति पुरुष विवेक से मोक्ष बुद्ध के लिए साकेतिक हुए होंगे तथा राख्य की गानरिाक प्रक्रिया के अनुसार बुद्ध ने स्कन्ध विषयक सिद्धात निश्चित किया होगा।

किन्तु साख्य सुत्र मे बोद्धो द्वारा प्रतिपादित अनेक मतो का खण्डन भी है। साख्य सूत्र बाह्य पदार्थ की क्षणिकता का खण्डन करता है। सूत्रकार इस बात का निषेध करते है कि वस्तुओ का अस्तित्व केवल प्रत्यक्ष ज्ञान के अन्दर है। वे प्रमेय विषयक कोई सत्ता नही रखती। वे इस बात से भी असहमत है कि शून्य के अतिरिक्त अन्य किसी की सत्ता नही।[६१] सृष्टि रचना सम्बन्धी साख्य की कल्पना एव बौद्ध दर्शन की कल्पना की कुछ साम्यता है। यथा– अविद्या का सादृश्य प्रधान से सरकार का बुद्धि से विज्ञान का अहकार से नामरूप का तन्मात्राओं से तथा षडायतन का इन्द्रियो से है। दूसरी ओर साख्य दर्शन की प्रत्यय सघ और बौद्धों के प्रतीत्यसमुत्पाद की धारणा मे समानता है।[६२] बौद्ध दर्शन के चार आर्यसत्य साख्य मत के चार सत्यो– (i) जिससे हमे छुटकारा पाना है वह दु ख है। (ii) दु ख का कारण है प्रकृति पुरुष के भेद को न जानना। (iii) दु ख के विनाश का नाम मोक्ष है। (iv) मोक्ष का उपाय सदसद् अविवेक सम्बन्धी ज्ञान के अनुकूल ही है।

(IV) योग दर्शन

साख्य एव योग दोनो समान विद्या के प्रतिपादक शास्त्र है। साख्य अध्यात्म विद्या के प्रतिपादक शास्त्र है। साख्य अध्यात्म विद्या का सैद्धातिक रूप है योग उसका व्यवहारिक रूप। साख्य दर्शन मे यह सिद्धात प्रतिष्ठित हुआ कि विवेकज्ञान से कैवल्य प्राप्त होता है। जबकि योग दर्शन विवेकज्ञान किस प्रकार प्राप्त होता है इस व्यवहारिक पक्ष का व्याख्यान करता है।[६३] प्रो० हिरियन्ना ने साख्य और योग को एक मान लिया है। यह माना है कि साख्य ने स्वभाववाद जैसे भौतिक दर्शन के प्रभाव मे जगत के विकास को प्रकृति से सबद्ध कर दिया जिससे ईश्वर निरवसर हो गया। योग ने उस महत्त्व को पुन प्राप्त कराया।[६४] लेकिन साख्य को स्वभाववाद से प्रभावित मानना ठीक नही है। यद्यपि ईश्वर के निमित्त कारण के रूप मे स्वीकार करने मे साख्य को कोई आपत्ति नही है। साख्य आधेय और योग आधार भी माना जाता है।[६५]

योग ने पच्चीस तत्त्वो को स्वीकार किया। विश्व की रचना नही हुई और वह नित्य है। इसमे परिवर्तन होते रहते है। अपने तात्त्विक रूप मे यह प्रकृति कहलाती है। इसका साहचर्य

गुणो के साथ है ओर उस रूप मे सदैव यह वैसा ही है। जीवात्माए असख्य है। जो जीवित प्राणियो को प्राणदान करती है। ये जीवात्माए स्वभावत निर्मल नित्य ओर निर्विकार है। किन्तु विश्व से सबधित होने के कारण ये परोक्ष रूप मे सुख–दुख को अनुभव करने वाली बनती है। जो सासारिक जीवन मे विभिन्न प्रकार की शरीराकृतिया धारण करती है। प्रकृति के विकारा के सम्बन्ध मे योग का मत है कि विकारा की दो समान्तर धारणाए है। जो महत् से शुरू होती है[66] और एक पक्ष मे अहकार मन पच ज्ञानेन्द्रियो ओर पच महाभूतो मे मिश्रित होती है। व्यास के मत मे महाभूत पच सार तत्वो से निकलते है ओर एकादशेन्द्रियॉ अहकार अथवा अस्मिता से उद्भूत है। तन्मात्राए अहकार से नही निकली है। बल्कि उसकी उत्पत्ति महत् से हुई है। आ० विज्ञानभिक्षु का मत है कि महर्षि व्यास ने केवल बुद्धि के परिवर्तनो को दो विभागो मे वर्णित किया है। किन्तु उनका सुझाव देने से नही है कि महत से तन्मात्राओ की उत्पत्ति अहकार पर निर्भर नही है।[67] साख्य मे अहकार सात्विक रूप मे इन्द्रियो को जन्म देता है और तमोरूप मे तन्मात्राओ को ओर ये दोनो ही महत् मे अवरुद्ध है। योग इन्द्रियो को स्वय भोतिक मानता है। इस प्रकार साख्य योग मे विकारा विषयक भेद अधिक महत्वपूर्ण है।

योग के मत मे जड चेतन के अभेद निबन्धक ससार को घटित करने की शक्ति अविद्या मे है।[68] यहॉ अविद्या को विद्या का अभाव रूप नही माना गया है यह ज्ञान विरोधी भाव पदार्थ है। अविद्या अनादि है। अत ससार अनादि है। प्रलयकाल में भी जीवात्माओ के चित्त प्रकृति की अवस्था मे लौट आती है और उसके अन्दर अपनी–अपनी अविद्याओ मे समाविष्ट हो जाते है। प्रत्येक नई सृष्टि के समय इनकी रचना नए शिरे से होती है। इसमे व्यक्तिगत अविद्याओ के कारण उचित परिवर्तन हो जाते है। योग की प्रतिबिम्ब व्याख्या प्रकृति से जडपदार्थो के साथ चेतन पुरुष का होने वाला अभेद सम्बन्ध ससार है।[69] परिणामवाद योग दर्शन का प्रमुख सिद्धात है, जो साख्य दर्शन की ही परम्परा है। लेकिन साख्य जहॉ कारण के रूप मे दो तत्त्व प्रकृति पुरुष को मानता है। वहीं योग मे नौ प्रकार के कारणो को माना गया है। जो नवविधिकारणवाद कहलाये जो इस प्रकार है। उत्पत्ति, स्थिति अभिव्यक्ति विकार, प्रत्यय, आदि वियोग अन्यत्व और धृति।[70] इस प्रकार योग मे सत्कार्यवाद का माना गया है। सभी प्रकट होने वाले धर्म धर्मो की योग्यता से अविच्छिन्न शक्तियाँ है।[71] विभिन्न फलो से उन योग्यताओ का अनुमान लगाते

है जो प्रकृति रूप कारण मे सम्भाव्य रूप से होते है। इस प्रकार सभी पदार्थों को मूल प्रकृति अपने सभी कार्यों के प्रति सामान्य रूप से अनुगत रहती हुई अपने मूल स्वरूप को कायम रखती है। यही नही वस्तु के अनागत अतीत तथा वर्तमान सभी धर्मों का अस्तित्व प्रत्येक समय रहता है।[७२] यथार्थ जगत मे सूक्ष्मता की अन्तिम परिणति जहाँ परमाणु मे होती है वही काल की सूक्ष्मता क्षण मे परमाणु एक स्थान से दूसरे स्थान पर जिसने समय मे जाता है वही सूक्ष्म काल खण्ड क्षण कहा जाता है। क्षण वस्तुगत होता है। सारा क्रम क्षण के आश्रय से ही प्रवाह रूप से चलता रहता है। क्षणो का यह क्रमिक नैरन्तर्य बना रहता है। यही काल की अवबोधक है।[७३]

योग दर्शन के अनुसार मनुष्य प्रकृति के इतना आधीन नही है जितना कि साख्य मानता है। योग मे मनुष्य को अधिक स्वतन्त्रता प्राप्त होगी और ईश्वर कि सहायता से वह अपनी मुक्ति प्राप्त कर सकता है। साख्य और योग दोनो मे एक समान जन्म चक्र अपने विविध दु खो के साथ एक ऐसा विषय है जिससे छुटकारा पाना है। प्रधान आत्मा का सयोग अर्थात् पुरुष का प्रकृति से पृथक् हो जाना इस ससार का कारण है। इस सयोग के विनाश का नाम ही मोक्ष है और इसका एकमात्र साधन पूर्ण अन्तर्दृष्टि है।[७४] आत्मा द्रष्टा है और प्रधान ज्ञेय है।[७५] दोनो का सयोग ही ससार का कारण है। जहा साख्य मे विवेकज्ञान मोक्ष का साधन है। वहाँ योग चित्त की एकाग्रता तथा क्रियात्मक प्रत्यन को महत्व देता है।[७६]

साख्य का मुख्य बिदु तार्किक अन्वेषण था तो योग भक्तिपरक साधनाओं के स्वरूप तथा मानसिक निग्रह का विवेचन करता है। इसलिए योग दर्शन को ईश्वरपरक विचार प्रकट करने के लिए बाध्य होना पडा। लेकिन योग मे जगत का मूल कारण नही है बल्कि योगसाधना के सम्बन्ध मे ईश्वर केवल ध्यान का ही विषय नही। बल्कि बाधाओ को दूर करके लक्ष्य की प्राप्ति मे सहायता करने वाला भी है। किन्तु ईश्वर योगदर्शन का अतरग भाग नही है। यहाँ क्रियात्मक प्रयोजन एक शरीरधारी ईश्वर से पूरे हो जाते है और वह ईश्वरवाद की कल्पनात्मक रुचियो से अधिक वास्ता नही रखता, ईश्वर पूर्ण स्वभाववाला प्रकृष्ट सत्व है।[७७] उसमे सर्वज्ञाता का अकुर पूर्णता तक पहुँच जाता है।[७८] ईश्वर भी पुरुष है, लेकिन यह पुरुष विशेष' है। यह सदामुक्त और असग है। अत योग इसे 'पुरुष विशेष ईश्वर कहते है।[७९] ईश्वर कालातीत है।[८०] ईश्वर मे

ज्ञानशक्ति इच्छाशक्ति एव क्रियाशवित तीनो परम उत्कर्ष को प्राप्त है। ईश्वर को प्रकृति के विशुद्धतम् पक्ष अर्थात रात्व के साथ नित्य और अटूट सबध है। वह अपनी करुणा से सत्वगुण धारण करके परिवर्तन के रादर्शन गे अत प्रवेश करता है।[८१] प्राणिध्यान अर्थात निरवार्थ भक्ति रो हग ईश्वर की दया का पात्र बनने के योग्य हो जाते है। आ० विज्ञानभिक्षु का गत है कि राब प्रकार के चैतन्य युक्त ध्यान में ईश्वर का ध्यान सर्वोत्तम है।[८२] लेकिन ईश्वर विश्व का स्रष्टा अथवा रारक्षक नही है। इरा प्रश्न पर विवाद है कि गहाप्रलय की अवस्था गे ईश्वर अपनी उपाधि से सयुक्त रहता अथवा नही। वाचरपति मिश्र का मत है कि महाप्रलय मे ईश्वरोपाधि का लय होता है। इनके गत गे रात्कार्यवाद के अनुरार कार्यकारणभाव राम्बध का नियागक है। कारण रो कार्य का अविर्भाव होगा तथा उरी गे कार्य का तिरोभाव होना उक्त बात की पुष्टि करता है।[८३] लेकिन विज्ञानभिक्षु गहाप्रलय गे ईश्वरोपाधि का लय नही गानते हैं।[८४]

आ० वाचरपति गिश्र और भोजराज ने ईश्वर प्राणिध्यान को केवल एक स्थलीय गहत्ता दी है। जवकि भिक्षु ने ईश्वर प्राणिध्यान आदि के द्वारा की गई राधना को रार्वत्रिक उपादेयता रो युक्त बताया है। राख्य पद्धति के अनुकूल की गई निरीश्वरयोगसाधना– यद्यपि सफल होती है तथा विज्ञानभिक्षु की दृष्टि गे वह रोविध्यपूर्ण नही है। इरीलिए जीवात्मयोगसाधना रो परमात्मयोगराधना उन्हे कही अधिक श्रेयरकर लगती है। ईश्वर प्राणिध्यान का गार्ग उनकी दृष्टि मे राजमार्ग है।[८५] यद्यपि महर्षि पतजलि और महर्षि व्यारा ने ईश्वर का रवरूप रवय राधना के क्षेत्र मे प्ररतुत किया था किन्तु ईश्वर की मान्यता केवल वैकल्पिक रूप से ही उपस्थित हुई थी। आ० भिक्षु ने इस विकल्प को गुख्यकल्प और अनुकल्प के क्रम गे परिवर्तित कर दिया।[८६] ईश्वर राधना गुख्यकल्प और जीवात्म राधना अनुकल्प कहा गया है किन्तु भिक्षु की यह भक्ति निर्गुण ईश्वर की भक्ति है जो चिन्मात्र और चिरन्तन है तथा उराका वाचक शब्द ॐ है।[८७]

राख्य दर्शन प्रकृति और पुरुष नागक दो नित्य गौलिक तत्त्व गानता है। क्या योग का ईश्वर नागक तत्त्व इन दोनो रो भिन्न है या फिर इन्ही दोनो गे रो किरी एक गे अन्तर्भावित किया जा सकता है? ईश्वर को प्रकृति तत्त्व के अन्तर्गत माना नही जा राकता, क्योकि प्रकृति अचेतन है। ईश्वर को इन दोनों तत्त्वो से भिन्न एक तीसरे प्रकार मौलिक तत्त्व मानने पर राख्य

ओर योग शास्त्र एक दूसरे से बिल्कुल भिन्न प्रकार के शास्त्र हो जायेगे। इसीलिए योगसूत्रकार पातजलि ने ईश्वर को एक प्रकार का पुरुष ही माना है क्लेश कर्मविपाकाशयैरपरागृष्ट पुरुषविशेषईश्वर ईश्वर एक सामान्य पुरुष नही है। फिर भी वह एक पुरुष है। भले ही वह विशेष प्रकार का पुरुष हो। इसीलिए भिक्षु ईश्वर का अन्तर्भाव पुरुष और उसकी उपाधि का अन्तर्भाव प्रकृति मे करते है।[८८] श्रुतिया भी असगो ह्यय पुरुष कहती है तो फिर ईश्वर नामक पुरुष विशेष मे कोन–सा वैशिष्ट्य हुआ जिसके बल पर उसे विशिष्ट पुरुष माना जाय? निराकरण यह है कि परामर्श शब्द का अर्थ यहॉ वास्तविक भोग नही है। ईश्वर को क्लेशकर्मादि से अपराकृष्ट माना गया है। पुरुषो मे इन क्लेशकर्मादि की यह व्यपदिश्य मान्यता ही पुरुषो का भोग कहा जाता है। इसी व्यपदिश्यमान भोग केवल पर पुरुष को साख्ययोगशास्त्र मे भोक्ता कहते है।[८९] यही व्यपदिश्यमान भोग ही यहॉ पर परामर्श शब्द से अभीष्ट है। इस प्रकार का परामर्श सभी बद्वपुरुषो मे रहता है। परन्तु ईश्वर मे इस प्रकार का भी क्लेशकर्मादि परामर्श नही रहता। सामान्य पुरुषो से ईश्वर का यही वैशिष्टय है।[९०] ईश्वर मे त्रैकालिक परामर्श शून्यता है। जबकि कैवल्य प्राप्त सिद्धो मे पूर्णकालिक परामर्श रहता है। ईश्वर शुद्धसत्ता हे नित्य तथा शाश्वत है। सृष्टि के प्रयोजन से प्रकृति की साम्यावस्था मे सृष्टि के प्रयोजन से क्षोभ उत्पन्न करने की इच्छा भी तो ईश्वरोपाधि मे उपस्थित रहती है वह स्वय पूर्ण ज्ञान शक्ति है।[९१]

साख्य का स्वतत्रप्रधानकारणतावाद अनुचित है। योग भी स्वतत्रप्रधानकारणतावादी है। क्योंकि ईश्वर की सत्ता स्वीकर करने पर भी योग प्रकृति की प्रवृत्ति मे उसका प्रतिबन्ध निवर्तकत्व भाग स्वीकर किया गया है। किन्तु इससे साख्य और योग का अप्रामाण्य नही है। इस अश मे मे ये दोनो शास्त्र दुर्बल है।[९२]

डॉ० कीथ[९३] साख्ययोग को एक सम्प्रादाय मानते है। इसका समर्थन मे डॉ० पुलिन बिहारी चक्रवर्ती कहते है कि महाभरत मे वर्णित साख्य योग से मिश्रित है। आ० सहिता के आधार पर भी साख्य को साख्य योग कहा गया।[९४] प्रो० हिरियन्ना[९५] भी मानते है कि साख्य योग एक साथ ही है। साख्य ने स्वभाववाद जैसे भौतिकदर्शन के प्रभाव मे जगत के विकास को प्रकृति से ही सबद्ध कर दिया। जिससे निरवसर हो गया योग ने उस महत्व को पुन प्राप्त कराया।

(V) न्याय-वैशेषिक दर्शन

न्याय दर्शन और वैशेषिक दर्शन समानतन्त्र है। परमाणुवादी बहुत्ववादी वस्तुवादी और ईश्वरवादी है। न्याय दर्शन मे जगत के उपादान कारण के रूप मे सोलह पदार्थों– प्रमाण प्रमेय संशय प्रयोजन दृष्टान्त सिद्धान्त अवयव तर्क निर्णय वाद जल्प वितण्डा हेत्वाभास छल जाति और निग्रह–स्थान को मानता है जबकि वैशेषिक दर्शन मे सात पदार्थ माना गया है जिसमे भाव पदार्थ मे छ पदार्थ – द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष और समवाय तथा अभाव पदार्थ एक स्वतन्त्र पदार्थ है।[९६] निमित्त कारण के रूप मे ईश्वर के अस्तित्व को न्यायवैशेषिक स्वीकार करते है।[९७] यद्यपि यह विवाद का विषय है कि महर्षि कणाद् ईश्वरवादी थे अथवा नही। वैशेषिक सूत्र मे ईश्वर का उल्लेख नही मिलता किन्तु उनकी जीवनी के आधार पर ईश्वरवादी होने का प्रमाण दिया जाता है।[९८] इसी क्रम मे आचार्य प्रशस्तपाद पहले वैशेषिकाचार्य है जिन्होने वैशेषिक दर्शन को ईश्वरवादी माना। यहा तक कि शकराचार्य भी ईश्वरवादी वैशेषिक का ही उल्लेख करते है।[९९] इस प्रकार न्यायवैशेषिक मे ईश्वर को जगत का स्रष्टा पालक और सहारक माना गया है। यद्यपि कुछ लोगो का मत है की प्राचीन वैशेषिक ऐसा नही था। उनके अनुसार ईश्वर केवल अदृष्ट का सचालक मात्र है।[१००] ईश्वर उपादान पदार्थों के द्वारा जगत की सृष्टि और जीवो के सुख–दु ख का विधान जीवों के कर्मानुसार करता है। इसी के आधार पर ये ईश्वर को सिद्ध करने का तर्क देते है।[१०१] जगत धर्म प्रधान है। अत ईश्वर जगत का धर्म–व्यवस्थापक है जीवात्माओ के कर्मों का वह प्रयोजक कारण है। ईश्वर सभी जीवो के अपने–अपने अदृष्ट (अतीत संस्कार) के अनुसार कर्म करने को तथा उसके अनुसार फल पाने को प्रेरित करता है।[१०२] साख्य दर्शन द्वितत्त्ववादी वस्तुवाद है। मात्र दो निरपेक्ष तत्त्व प्रकृति जड रूप और पुरुष चेतन रूप है। ईश्वर की सत्ता को स्वीकार नही किया गया है। यद्यपि साख्य दर्शन सृष्टि की प्रयोजनवादी व्याख्या करता है। अत यह भी कर्मवाद मे विश्वास करती है। लेकिन इसके दर्शन मे पुरुष को साक्षी और निर्विकार निर्लिप्त माना गया है। अत ये न्यायवैशेषिक के ईश्वर की भाति सृष्टा–पालक–सहारक नही है। साख्य मे प्रकृति ही पुरुष के सामीप्य को प्राप्त कर सृष्टि के लिये प्रयत्नशील होती है। अत पुरुष निमित्त कारण है। साख्य ने न्यायवैशेषिक के कडे पदार्थों को जटिल और गतिशील विश्व की व्याख्या के लिए

पर्याप्त साधन न मानकर आणविक अनेकवाद के सिद्धात से वस्तुत आगे पग बढाया। सृष्टि रचना के स्थान पर विकारावाद का प्रतिपादन करके साख्य ने अलौकिक धर्म की नीव मे ही कुठाराघात किया। इसके अनुसार यह ससार इसी सृष्टिकर्ता ईश्वर का कार्य नही है। जिसने अपनी इच्छा के चमत्कार से अपने से सर्वथा भिन्न इस ससार को आह्वान करके उत्पन्न किया बल्कि यह असख्य आत्माओ तथा सदा कर्मशील प्रकृति की परस्पर प्रतिक्रिया का परिणाम है।[१०३]

सृष्टिवाद मे न्यायवैशेषिक के दो महत्वपूर्ण मत है। एक कारण सिद्धात और दूसरा परमाणुवाद न्यायवेशेषिक तीन प्रकार के कारण मानता है –

(i) समवायि कारण इसे उपादान कारण भी कहते है। यह द्रव्य रूप होता है कार्य अपने समवायि मे समवाय सम्बन्ध मे रहता है और उससे पृथक् नही किया जा सकता। जैसे घडे का समवायि कारण मिट्टी है।

(ii) असमवायि कारण जो समवायि कारण मे समवाय सम्बन्ध से रहते हुए कार्योत्पत्ति मे सहायक होने के कारण रहता है। यह सदा गुण या कर्म होता है। गति के आधार कर्म को एक स्वतन्त्र पदार्थ मानने का अर्थ है कि न्यायवैशेषिक स्थिरता को वास्तविकता का एक सम्भव लक्षण मानता है। जबकि साख्य इससे भिन्न मत रखता है। जिसके अनुसार भौतिक जगत मे वस्तुए बिल्कुल ही स्थिर नही है। न्यायवैशेषिक मत में विभु द्रव्य सदैव गतिहीन होता है। क्योकि ये केवल स्थान परिवर्तन परस्पन्द को मानते है। रूप परिवर्तन परिणाम को नही[१०४] जैसे तन्तु सयोग पट का असमवायि कारण है।

(iii) निमित्त कारण यह शक्तिमान होता है। जो अपनी शक्ति के उपादान कारण से कार्य उत्पन्न करता है। यथा– घट का निमित्त कारण कुम्भकार है। सामान्यत दो कारण ही माने जाते है। उपादान अर्थात् समवायि कारण और निमित्त कारण मे ही असमवायि कारण को माना जाता है।[१०५] इनके अनुसार कारण कार्य मे आनन्तर्य होता है। दोनो युगपत् नही हो सकते। कार्य अपने कारण से भिन्न और प्रागभाव होने से असत् होता है। कार्य पहले असत् है। फिर निमित्त कारण की क्रिया से उसकी उत्पत्ति होती है। उत्पन्न कार्य सत् है। अत ये असत्कार्यवादी

कहलाते है।[१०६] यह आरम्भवाद है क्योकि इनके अनुसार कार्य एक नई सृष्टि है। उसकी सत्ता का आरम्भ उसकी उत्पत्ति के साथ ही होता है। किन्तु साख्य के कारण सिद्धात मे उपादान कारण रूप प्रकृति तथा निमित्त कारण रूप पुरुष दो ही कारण है। जिनके सयोग से सृष्टि होती है। त्रिगुणात्मक प्रकृति कारण है और जगत कार्य है। साख्य परिणामवादी है। अत इनका मत है कि कारण से कार्य की उत्पत्ति वास्तविक परिवर्तन है। प्रकृति भी सत्य है और जगत भी सत्य है। जैसा कि न्यायवैशेषिक मानते है कि सत एव नित्य परमाणुओं से उत्पन्न होने वाला जगत स्वभावत सत्य है। साख्य मत मे कारण और कार्य मे तादात्म्य है अर्थात कारण कार्य मे कुछ दृष्टियो से भिन्नता और कुछ मौलिक दृष्टियो से अभिन्नता है। उत्पादन किसी असत् पदार्थ का नही हो सकता है। बालू से तेल कभी नही मिलता। अत स्पष्ट है कि कार्य अपने कारण मे सूक्ष्म रूप से पहले से ही विद्यमान रहता है। यही सत्कार्यवाद है।

न्यायवैशेषिक दोनो परमाणुवादी है।[१०७] परमाणु जगत का कारण है। इस जगत के सारे भौतिक पदार्थ सावयव और उत्पत्ति विनाशशील है तथा नित्य परमाणुओ के विभिन्न सयोग से बनते है। पदार्थ की उत्पत्ति का अर्थ है परमाणु सयोग और विनाश का अर्थ है परमाणु सयोग विभाग। अतीन्द्रिय निर्वयव अभिजात्य और नित्य भौतिक द्रव्य परमाणु है। परमाणुओ मे गुण भेद और सख्या भेद दोनो है। ईश्वर की प्रेरणा और अदृष्ट आदि की सहायता से इनमे क्रिया उत्पन्न होती है। जिससे इन परमाणुओ का परस्पर सयोग होता है। परमाणुओ का भौतिक और रासायनिक विवेचन[१०८] न्यायवैशेषिक की महत्वपूर्ण देन है। परमाणुओ की आद्य स्पन्दन होते ही एक परमाणु दूसरे परमाणु से जुडकर द्वयणुक बन जाता है। सर्वप्रथम सारे परमाणु द्वयणुको मे परिवर्तित हो जाते हैं और फिर इन द्वयणुको से सृष्टि रचना होती है। तीन द्वयणुकों से त्रयणुक और चार त्रयणुको से चतुरणुक बनते हैं। इस पकार यह क्रम चलता है एव स्थूल महाभूत आदि की उत्पत्ति होती है। यह परमाणुवाद जडवाद या भौतिकवाद नही है। अपितु आध्यात्मिक वस्तुवाद है। साख्य मे प्रकृति त्रिगुणात्मक सत्व रज व तम है। ये गुण सूक्ष्म और अतीन्द्रिय है। यद्यपि साख्य मे गुण शब्द का प्रयोग हुआ है। तथापि ये न्यायवैशेषिक के गुणो के अर्थ मे गुण नही है। ये प्रकृति रूपी द्रव्य के गुण या धर्म नही है। अत प्रकृति तथा गुणो मे द्रव्य गुण सम्बन्ध नही है। ये गुण स्वय द्रव्य रूप और विभु है। न्यायवैशेषिक के परमाणु आदि की भांति निष्क्रिय

गूलत जड द्रव्य है ओर चैतन्य एक आगन्तुक गुण है। साख्य दर्शन मे आत्म रूप पुरुष की सत्ता रवीकार की गई है जो पूरी तरह से अध्यात्मवादी है। साख्य पुरुषबहुत्व को रवीकार करता है जैसा कि न्यायवैशेषिक भी गानते है। लेकिन साख्य के पुरुष का न्यायवैशेषिक की आत्मा से मूलभूत अन्तर है। पुरुष न तो जड है और न ही द्रव्य है यद्यपि वह विभु है। पुरुष निष्क्रिय है। पर विशुद्ध चेतन है। चेतन उसका आगन्तुक नही स्वरूप है। यही नही पुरुष का ज्ञान सामान्य कुदृष्टि अनुमान से होता है। पुरुष कर्ता भोक्ता या ज्ञाता नही है वह साक्षी मात्र है। उसे सुख–दु ख इच्छादि का कोई सम्बन्ध नही है। साख्य का पुरुष निर्विकार और निर्लिप्त है। दूसरी ओर न्यायवैशेषिक मन को अणु रूप निरवयव मानते है। अर्थात् वह एक समय मे एक ही विषय ग्रहण करता है जबकि साख्य मन को सावयव मानते है। जो एक साथ कई विषयो को ग्रहण करता है। न्यायवैशेषिक मत मे कदाचित एक समय मे अनेक ज्ञानो की उत्पत्ति प्रतीत होती है। जोकि भ्रम है भ्रम का आधार है। बडी शीघ्रता से एक के बाद दूसरे ज्ञान की उत्पत्ति।[११६] अत न्यायवैशेषिक दर्शन साख्य के मध्यम परिणामवाद को नही मानता।[११७]

आत्मा के वास्तविक स्वरूप का विवेचन ही मोक्ष के स्वरूप की विवेचन का अर्थ है।[११८] न्यायवैशेषिक की दृष्टि से मोक्ष अपवर्ग' कहलाता है जबकि साख्य कैवल्य कहता है। न्यायवैशेषिक की दृष्टि में बन्धन अविद्या है तो मोक्ष विद्या है। आत्मा अविद्यावश कर्म करता है। कर्म से धर्माधर्म संस्कार अदृष्ट मे सचित होते रहते है तथा फलोन्मुख होने से आत्मा के कर्मफल भोगार्थ सृष्टि उत्पन्न होती है। आत्मा जब तक कर्म के जाल मे फँसा रहता है तब तक उसका बन्धन बना रहता है। ज्ञान द्वारा कर्म का विनाश हो जाने पर नये कर्म उत्पन्न नही होते तथा सचित और प्रारब्ध कर्मो को क्षय होने पर आत्मा शरीर इन्द्रियो और मन से आत्यन्तिक विरोध हो जाता है तथा आत्मा अपने शुद्ध रूप मे स्थित हो जाती है। मोक्ष समस्त दु खो की आत्यन्तिक निवृत्ति है।[११९] इसे साख्य भी मानता है और आत्मा के अनन्त अवस्थान को मोक्ष कहते है। अर्थात् मोक्ष के समय आत्मा के सभी आगन्तुक धर्म–विशेषगुण सदा के लिये [illegible] हो जाते है।[१२०] इस प्रकार मुक्त आत्मा अचेतन शिलाखण्ड के सदृश होकर ज्ञेय या विषय रूप हो जाता है। जिसमे चेतन एव आनन्द का सर्वथा अभाव रहता है और ऐसे आत्मा का ईश्वर के

राथ सम्बन्ध स्थापित नही किया गया। राख्य जीवन मे कर्म फल को महत्व देती है किन्तु वह आत्मरूप पुरुष को जड द्रव्य नही बनाती। राख्य मे भी मोक्ष को आनन्दहीन गाना गया है। लेकिन यह जड द्रव्य के रामान विषय रूप नही हो जाता। साख्य का पुरुष शुद्ध चेतन रूप निर्विकार और साक्षी रूप रात्ता है। गोक्ष का राधन विवेकज्ञान है। जिरागे प्रकृति पुरुष के भेद का ज्ञान निहित होता है। पुरुष कर्ता या भोक्ता या ज्ञाता नही है। लेकिन चेतना उसका रवरूप गुण है।

श्रुतियो मे सर्वज्ञ इत्यादि शब्द तो रोही शिर आदि की तरह लौकिक विकल्पो की भॉति आये हुए है। पुरुष को नित्य ज्ञान रूप गानने गे– (i) अन्त करण (ii) व्यवराय (iii) अनुव्यवसाय (iv) उनके अधार। इन चार पदार्थो की कल्पना से बचने का लाघव भी होता है। जबकि नैयायिको की यह कल्पना गौरव रवीकार करना पडता है। आचार्य भिक्षु के गत मे (i) अन्त करण (ii) उसकी वृत्ति (iii) नित्यज्ञान रूप आत्मा ये तीन ही पदार्थ मानने पडे गे।[१२१] पुरुष जाग्रत रवप्न रुषुप्ति दशाओ की बुद्धि वृत्ति का अविकल राक्षी है। वह नित्य गुक्त है। प्रकृति के राथ उराका रायोग अविद्या रो होता है। यह रायोग आविधिक उपराग या अधिक ज्ञान रूप होता है। इसलिए पुरुष गे कर्तृत्व और बृद्धि या प्रकृति गें ज्ञातृत्व प्रतीत होता है। वस्तुत वह नित्य दृष्टया ज्ञान रूप है। यह चिन्मात्र और केवल है तथा कूटस्थ नित्य भी है।[१२२] ब्रह्म गे प्रकति, पुरुष आदि अखिल शक्तियॉ अन्त लीन रहती है और रवत चिन्मात्र होने पर भी वह विशुद्ध सत्वाख्यमायोपाधि युक्त है। इससे ब्रह्म जगत का कारण भी सिद्ध हुआ है और इसमे विकारित्व का प्रसग नही आया। इसरो ब्रह्म जगत का अधिष्ठान कारण के राथ–साथ उपादान कारण रिद्ध होता है क्योकि उरारो अविभक्त रहकर उपष्टब्ध होकर भी प्रकृत्यादि का परिणागन का कार्य रूप गे हुआ है। वैशेषिक और साख्य रिद्धातों रो भी यह गत अविरुद्ध है। वैशेषिक ब्रह्म को निमित्त कारण कहते है और हमारी दृष्टि रो ब्रह्म ससार का रामवायि अरामवायि आदि से उदारीन तथा निगित्त कारणो से विलक्षण चौथे प्रकार का आधार (अधिष्ठान) कारण है। इरा प्रकार ब्रह्म की उपादान कारणता उसकी अन्तर्लीन परिणामिनी शक्ति प्रकृति के बल पर रिद्ध हुये और जगत का कर्तृत्त्व–ब्रह्म' मे माया के बल पर रिद्ध होने से यहा निगित्त कारणत्व ही है। अत ब्रह्म जगत का अभिन्न निमित्तोपादान कारण भी सिद्ध होता है।[१२३] आ० भिक्षु

न्यायवैशेषिक की भूमिका को साख्य एव वेदान्त के परिमार्थिक स्तर के बहुत नीचे मानते है।[१२४]

विज्ञान के परगाणुवाद के आधार पर हाल गे कुछ रागय तक न्यायवैशेषिक अधिक वैज्ञानिक माने जाते थे तथा साख्यवेदान्तादि अनुभव कि व्याख्या नही अपितु आध्यात्मिक तुष्टि की प्रत्ययात्मक मार्ग थे। लेकिन आज न्यायवैशेषिक के परमाणुवाद अनुकूल नही रहे। क्योकि अब परगाणुवाद रथूल प्रकार के द्रव्य कण न होकर रार्वव्यापी वैद्युतशक्ति के अभिव्यजक केन्द्र मात्र है। जिनके परित अनवरत गतिशील परिवर्तन की धाराए है।[१२५] दूसरी ओर साख्य मे अग्नि जो राबसे महत्वपूर्ण उदाहरण दिया गया है वह विद्युत है।[१२६]

(VI) मीमांसा दर्शन

गीगारा बहुत्ववादी और बाह्याथार्थवादी है। इरा जगत के जड पदार्थ तथा जीवात्गाए सभी सत्य है। इस जगत की न तो सृष्टि होती है और न ही प्रलय। जगत के विभिन्न पदार्थ और व्यक्ति आते–जाते ओर बदलते रहते है कि यह जगत रादैव चलता रहता है।[१२७] गीगारा ईश्वर की रात्ता गे विश्वास करता है।[१२८] प्रभाकर[१२९] आठ पदार्थ द्रव्य गुण कर्ग रागान्य, परतन्त्रता(समवाय) शक्ति रादृश्य और राख्या तथा कुमारिल[१३०] पाच पदार्थ मानते है। द्रव्य गुण कर्म सामान्य चारो भावात्मक और अभाव और पुर्नजन्म कर्मवादी मे मीमासा की अटूट आस्था है। जिसके अनुसार कर्म कार्य कारणभाव के राम्बन्ध मे एक शक्ति का आर्विभाव करता है, जिसे 'अपूर्व[१३१] कहा गया है। यह कर्म का फल भोग करने की शक्ति है जो समय पाकर फलित होती है और फल की प्राप्ति होने तक आत्मा गे रहता है। कर्म फल का व्यापक नियग यह है कि लौकिक या वैदिक राभी कार्यो के फल राचित होते है।

साख्य दर्शन वस्तुवादी और द्वैतवादी है। वह प्रकृति और पुरुष दो तत्त्वो की रात्ता रवीकार करता है। राख्य जगत को वास्तविक गानता है तथा पुरुषबहुत्व के आधार पर जीवात्माओ को भी सत्य मानता है। लेकिन वह जगत को नित्य न मानकर रृष्टि ओर प्रलय जो क्रमश प्रकृति एव पुरुष के सयोग और वियोग पर आधारित है को रवीकार करता है। कर्मवाद और पुर्नजन्म मे विश्वास रखता है। लेकिन वह अपूर्व जैसी किरी अदृश्य शक्ति को

रवीकार नही करता अपितु इनके रथान पर लिंगशरीर को रवीकार करता है। यद्यपि साख्य भी ईश्वर के अरितत्व को रवीकार नही करता है। साख्य मीमासा के यज्ञादि कर्मों को महत्व नही देती।

कुमारिल द्रव्य को नियत मानते हुए उसमे भी परिवर्तन को रवीकार करते है। यहाँ गुण और रूप का परिवर्तन होता रहता है।[132] वारतविक मामले मे यह मत साख्य से मिलता-जुलता है। यह परिणामवाद है और यहाँ उपादान कारण और कर्म का सम्बन्ध वहाँ की तरह भेदाभेद माना गया है। लेकिन दोनो मे अन्तर यह है कि कुमारिल द्रव्यो को अन्त मे एक नही अनेक मानते है तथा वे परिणाम सम्बन्धी मत को आत्मा पर भी लागू करते है। जबकि साख्य की आत्मरूप पुरुष नितान्त अपरिणामी और निष्क्रिय है।[133]

आत्मा[134] अनेक है। जो कि नित्य सर्वगत विभु व्यापक द्रव्य है जो ज्ञान का आश्रय है। आत्मा ज्ञाता कर्ता ओर भोक्ता है। आत्मा मे रपन्दन नही है[135] परिणाम होता है।[136] आत्मा एक साथ ज्ञाता और ज्ञेय नही हो सकती। शरीर इन्द्रिय मन ओर बुद्धि से भिन्न है। अत आत्मा ज्ञान का मिलन हो सकती है। प्रभाकर[137] आत्मा को जड द्रव्य मानते है जो ज्ञान नामक गुण का आश्रय है। ज्ञान आत्मा का आगन्तुक गुण है। लेकिन कुमारिल[138] ज्ञान को आत्मा का परिणाम या क्रिया मानते है। जिसके द्वारा आत्मा पदार्थों को जानती है। कुमारिल आत्मा को चिदचिद् रूप या जड बोद्धात्मक मानते है। आत्मा ज्ञानशक्ति रवभाव है। अत आत्मा मानस प्रत्यक्ष रूप अहम् प्राग गम्य है। मीमासा मे मोक्षावरथा मे सुषुप्ति के समान आत्मा मे ज्ञान सुखादि कि स्थिति नही मानते क्योकि उस समय आत्मा शुद्ध द्रव्य रूप मे रहता है एव शरीर इन्द्रिय सम्बन्ध विलय के कारण गुण ओर क्रिया से उसका सम्बन्ध विच्छेद हो जाता है। यद्यपि उसका ज्ञानशक्ति रवभाव बना रहता है। साख्य का पुरुष भी अनेक नित्य ओर विभु रूप है। साख्य का पुरुष ज्ञाता या कर्ता या भोक्ता नही वह साक्षी रूप है। मुलत वह निर्गुण ओर निष्क्रिय चैतन्य रूप है। अत वह ज्ञान का विषय नही है। उसका ज्ञान सामान्यतोऽदृष्टानुमान के द्वारा ही सम्भव है। पुरुष मे किसी भी प्रकार का विकार नही होता। अत प्रमा भी बुद्धि का धर्म है, क्योकि यह भी विकार का ही परिणाम है जबकि पुरुष निर्विकार है।

कुछ लोगो का मत है कि मीमासाक मोक्ष को नही मानते। अपितु वे रवर्ग को ही मोक्ष

मानते है।[१३९] अर्थात् जो रवर्ग चाहता है वही यज्ञ करे। लेकिन कई मीमासको ने मोक्ष सम्बन्धी मत व्यक्त किये है। इनके अनुसार इस दृश्यमान जगत के साथ आत्मा के सम्बन्ध का विनाश होना ही मोक्ष है। शरीर तो भोगायतन है। इन्द्रिया भोग–साधन है और पदार्थ भोग–विषय है। इन तीनो प्रकार के बधनो के आत्यान्तिक नाश को मोक्ष मानते है।[१४०] मोक्षावस्था को पाने के लिये कर्म ही प्रधान कारण है और आत्मज्ञान सहकारी कारण है अत मीमासा ज्ञान–कर्म–समुच्च्यवादी है।[१४१] प्रभाकर के अनुसार देह का अत्यान्तिक उच्छेद ही मोक्ष है।[१४२] चैतन्य आत्मा का धर्म न होने के कारण वह सुख–दु ख का अनुभव नही करता। अत मोक्षावस्था आनन्द की अवस्था नही है।[१४३] परन्तु परवर्ती भटटमीमासको ने मोक्ष को आनन्दानुभूति के रूप मे माना है।[१४४] साख्य दर्शन मे मोक्ष की स्पष्ट अवधारणा मिलती है। साख्य मे प्रकृति और पुरुष के सम्बन्ध का ज्ञान ही मोक्ष माना गया है। मोक्ष के लिये ज्ञान सर्वोत्तम साधन है। जिसे साख्य विवेकज्ञान कहता है। साख्य चैतन को पुरुष का नित्य रूप मानता है किन्तु मोक्ष को आनन्दहीन मानता है। क्योकि वह सुखादि को प्रकृति का गुण मानता है। अत पुरुष निर्गुण होने के कारण मोक्ष मे आनन्दादि से भी मुक्त हो जाता है। मीमासा मे सामान्य नियम तो यही है कि प्रत्येक ज्ञान सत्य का दर्शन कराता है पर कभी–कभी इस नियम के अपवाद भी होते है जो ख्याति कहलाते है।[१४५] प्राचीन साख्य सत्‌ख्याति' को मानता था, जो प्रभाकर[१४६] के 'अख्याति के समान माना जाता है। भ्रम अज्ञान या अपूर्व किन्तु सत्य ज्ञान है। समस्त ज्ञान यथार्थ है। शुक्ति मे रजत का कुछ अश विद्यमान रहता है जिसके कारण उसमे सफेदी चमक आदि समान धर्म होते है। साख्य भ्रम मे रजत का आशिक प्रत्यक्ष मानता है। जबकि प्रभाकर रजत का स्मरण मानते है और मनोदोष से स्मृति–प्रमोष' मानते है। प्रभाकर ज्ञान की उपयोगिता पर बल देते है और साख्य ज्ञान को प्रकाशक होने के कारण अपने आप मे महत्वपूर्ण मानते है। दूसरी ओर साख्य सूत्र के सदसत्ख्याति' और कुमारिल के विपरीतख्याति के सम्बन्धो पर विचार करते है। सद्‌ख्याति[१४७] मे शुक्ति और रजत दोनो विषय तथा इनके अलग–अलग ज्ञान सत् है। अत सत्‌ख्याति है तथा इन सत्य वस्तुओ तथा ज्ञानो का सम्बन्ध मिथ्या होने के कारण असत् है। अत असत्‌ख्याति है। इस प्रकार यह बुद्धि दोष से दो भिन्न ज्ञानो और उनके विषयो को मिलाकर एक ज्ञान के रूप मे माना जाता है। ऐसा ही विपरीतख्याति का भी मत है। इसके

अनुसार शुक्ति और रजत को मिलाकर शुक्ति के स्थान पर रजत का ज्ञान मिथ्याज्ञान है। जो इनसे सत्य वरतुओं के मिथ्या सम्बन्ध से उत्पन्न होता है। सम्यक ज्ञान से मिथ्या ज्ञान का बाध होता है वस्तुओ का नही।

(VII) मध्व वेदान्त

मध्व वेदान्त भी साख्य दर्शन के भाति द्वैतवादी है। मध्य वेदान्त मे ईश्वर जीव और प्रकृति की सत्ता रवीकार की गई है। तीनों पररपर भिन्न है और इनमे से किसी एक को दूसरे मे अन्तर्भूत नही माना जा सकता परब्रह्म ईश्वर रवतन्त्र तत्त्व है। जबकि प्रकृति और जीव परतन्त्र तत्त्व है ये तीनो सत् है। क्योकि इनकी सर्वदा प्रतीति होती है।[१४८] ईश्वर निमित्त कारण और प्रकृति उपादान कारण है। मध्व वेदान्त की वास्तविकता को मानते है तथा भेद के रूप उतने ही होते है। जितने रूपो मे वरतु का सम्बन्ध दूसरी वस्तु से ज्ञात होता है। यह पदार्थ का रवरूप है।[१४९] इसे पदार्थो का रवरूप भेद कहते है। अनुयोगी और प्रतियोगी का भेदक यह विशेष तत्त्व अनन्त है।[१५०] वैशेषिक के समान मध्वाचार्य इसे न तो एक पृथक् पदार्थ मानते है और न एक अलग गुण बल्कि पदार्थ या द्रव्य का रवरूप जैसा साख्य योग मीमासा दर्शनो मे माना गया है। अत मध्वाचार्य ज्ञान को सविशेष और गुणात्मक द्रव्य मानते है। साख्ययोग मे भी भेद को अधिकरण रवरूप एव प्रत्यक्ष प्रमाण द्वारा ज्ञेय माना गया है।[१५१] लेकिन साख्य केवल दो तत्त्व मानता है। पुरुष और प्रकृति दोनो पररपर रवतन्त्र और निरपेक्ष है। पुरुष निष्क्रिय और चेतन रूप निमित्त कारण है तथा प्रकृति सक्रिय और अचेतन रूप उपादान कारण है। लेकिन निरीश्वरवादी है।

मध्वाचार्य सृष्टि को वास्तविक और सप्रयोजन मानते है। ईश्वर के इक्षण से कोई सृष्टि मिथ्या नही, अपितु इसकी पारमार्थिक सत्ता है। सृष्टि और प्रलय भी वास्तविक है। प्रकृति ईश्वर की इच्छा या शक्ति है।[१५२] वह अपने को ईश्वर के नियन्त्रण में दे देती है और ईश्वर उसमे शक्ति का सचार करके जगत का सचालन करता है और उसमे स्थित (व्याप्त) होकर अपने को अनेक रूपो मे व्यक्त करता है।[१५३]

जगत प्रकृति का वास्तविक विकार है। उपादान कारण और उराके कार्य गे भेदाभेद सम्बन्ध है। जैसा कि तन्तु और पट मे न तो अत्यन्त भेद है और न ही अत्यन्त अभेद है। यद्यपि उपादान कारण और निमित्त कारण का आत्यन्तिक भेद मान्य है। वस्तुत भेद पर अधिक बल देकर गध्वाचार्य ने सत्कार्यवाद और असत्कार्यवाद गे समन्वय स्थापित किया। चूँकि कार्य अपने कारण से पूर्व सत रहता है। अत सत्कार्यवाद है और चूँकि कार्य अपने निमित्त कारण से सर्वथा भिन्न ही रहता है।[१५४] उसकी प्रेरणा से उत्पन्न होता है। अत असत्कार्यवाद है। लेकिन जहॉ तक उपादान कारण के सम्बन्ध मे है। मध्वाचार्य साख्य मत के करीब है। साख्य दर्शन मे परिणामवाद पर बल देते है। जगत को वास्तविक माना है। साख्य के सृष्टि सिद्धात मे पुरुष पूरी तरह निर्लिप्त है। वह प्रकृति के राथ सृष्टि में किसी भी प्रकार का सक्रिय सहयोग नही देता केवल प्रकृति पुरुष के रामीप्य से क्षोभ द्वारा सृष्टि मे रवय सलग्न होती है।

जीव अनेक और पररपर भिन्न है ये अणुरूप नित्य कर्ता भोक्ता रूपवान जन्मगरण वाला होता है यह निरवयव तत्त्व है। शरीर के रायोग–वियोग से जन्म–गरण को प्राप्त होता है। रवरूपत यह पूर्णज्ञान सम्पन्न होता है। किन्तु धर्म और अधर्म के कारण प्रकट नही होता। ईश्वराधीन होने पर भी धर्माधर्म के राम्बन्ध में रवतन्त्र है। यहॉ जीव अणुरूप होकर भी ज्ञान गुण द्वारा विभु रूप है।[१५५] अविद्या आदि रो मुक्ति के लिए ईश्वर की अनुकम्पा आवश्यक है। जीव से भिन्न है। किन्तु उसका अश है।[१५६] इस प्रकार तत्त्वमसि अयमात्मा ब्रह्म जैसे श्रुति वचन जीव और ब्रह्म के बीच तथा 'एकमेवाद्वितीयम्' रार्वखल्विद ब्रह्म जैसे श्रुति वचन ब्रह्म और जगत के बीच अभेद बताने के लिए नही अपितु जीव की तात्त्विक रवतत्रता एव महत्ता को बताने के लिए तथा जगत की सत्ता प्रवृत्ति आदि ब्रह्म के आधीन बताने के लिए है न कि इनका ब्रह्म रो स्वरूपभेद।[१५७] साख्य भी पुरुष की अनेकता को रवीकार करती है। यह अनेकता सरार के साथ मोक्षावस्था मे भी बनी रहती है। लेकिन राख्य गे ईश्वर की रात्ता न रवीकार करने के कारण ये रवतन्त्र है। साख्य का पुरुष राक्षी और निर्विकार है, जो कर्ता, भोक्ता या ज्ञाता नही है। क्योंकि साख्य मत गे भोग और कैवल्य रवय प्रकृति का ही प्रकारान्तर रो होता है। वह सृष्टि और प्रलय का मूल कारक है। पुरुष नित्य चैतन्य और विभु है। अविद्या ही 'भोक्ता–कर्ता–ज्ञाता का आधार है। चूँकि साख्य निरीश्वरवादी है। अत यहॉ ईश्वर और जीव के राम्बन्धो की बात नही है।

जीव उपाधि की उत्पत्ति और सम्पर्क के कारण जीव एक विशेष रूप में आर्विभूत होकर सूक्ष्म और स्थूलशरीर धारण करता है। जीव अविद्या का आश्रय है यही बन्धन है। बन्धन से मुक्ति ईश्वर की कृपा से प्राप्त होती है। मोक्ष का साधन ज्ञानयुक्त भक्ति है।[१५८] स्वरूपावस्थिति ही मोक्ष है तथापि मुक्त जीव का शरीर ब्रह्म के शरीर से भिन्न तथा जीव ब्रह्मैम्य नही है। मोक्ष आनन्द स्वरूप है। किन्तु इसमे भी तारतम्य बना रहता है।[१५९] तत्त्वमसि अयमात्मा ब्रह्म ब्रह्मविद् बह्मैव भवति इत्यादि का तात्पर्य यह नही है कि ससार में जीव भिन्न रहता हुआ भी मुक्त होकर ब्रह्म से अभिन्न होकर उसी मे लीन हो जाता है। अपितु यह है कि जीव की अपनी तात्त्विक स्वतत्रता है और स्वरूपत ब्रह्म से भिन्न है। यह स्वतत्र स्वरूप रखता है तथापि सत्ता और प्रतीति के लिए ब्रह्म के अधीन है।[१६०] साख्य दर्शन मे अविवेक को बन्धन का कारण माना गया है। पुरुष अनेक है और यह अनेकता मोक्षावस्था में बनी रहती है। मोक्ष का साधन विवेकज्ञान है। निरीश्वरवादी होने के कारण साख्य में ईश्वरजीवएकत्व का प्रश्न ही नही उठता। यहाँ मोक्ष को आनन्द या सुखविहीन माना गया है। क्योकि ये प्रकृति के गुण है। पुरुष स्वरूपत शुद्ध चैतन्य और साक्षी रूप है।

(VIII) विशिष्टाद्वैतवाद

द्वैतविशिष्ट अद्वैत ऐसा अद्वैत जो सदा द्वैत से विशिष्ट रहता है। द्वैत विशेषण है और अद्वैत विशेष्य है। भेद के बिना अभेद और अभेद के बिना भेद सिद्ध नही होता है। अत दोनो सदा साथ रहते है। और इनमे पार्थक्य सम्भव नही है। द्वैत और अद्वैत मे अपृथक सिद्धि सम्बन्ध है। क्योकि इन्हे एक दूसरे से पृथक् नही किया जा सकता। अद्वैत मुख्य है और द्वैत गौण है।[१६१] साख्य दर्शन द्वैतवादी है। जो निरपेक्ष और स्वतन्त्र सत्ता है। एक मात्र द्वैत ही मान्य है और अद्वैत के लिये कोई मान्य नही है।

रामानुजाचार्य ईश्वरवादी है। ईश्वर चिदचिद् विशिष्ट है।[१६२] चित्त जीवात्मा और अचित्त प्रकृति है। जीवात्मा और प्रकृति ईश्वर के समान ही नित्य सत्ताये है। चित्त और अचित्त ईश्वर के साथ अपृथक् रूप मे सयुक्त होते है। डा० राधाकृष्णन् इसे जैविक सम्बन्ध मानते हुये ईश्वर

पुष्पादिसे विधिवत् पूजन करके '**ज्योत्स्नापते नमस्तुभ्यं नमस्ते ज्योतिषां पते। नमस्ते रोहिणीकान्त गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से चन्द्रमाको अर्घ्य देकर '**नभोमण्डलदीपाय शिरोरत्नाय धूर्जटेः। कला-भिर्वर्धमानाय नमश्चन्द्राय चारवे॥**' से प्रार्थना करे। फिर '**गणेशाय नमस्तुभ्यं सर्वसिद्धिप्रदायक। संकष्टं हर मे देव गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से गणेशजीको तीन अर्घ्य देकर—'**तिथीनामुत्तमे देवि गणेशप्रियवल्लभे। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं सर्वसिद्धिप्रदायिके॥**' से तिथिको अर्घ्य दे। पीछे सुपूजित गणेशजीका '**आयातस्त्वमुमापुत्र ममानुग्रहकाम्यया। पूजितोऽसि मया भक्त्या गच्छ स्थानं स्वकं प्रभो॥**' से विसर्जन कर ब्राह्मणोंको भोजन कराये और स्वयं तैलवर्जित एक बार भोजन करे।''''हाँ, यह व्रत तो गणेशजीका है, फिर इसमें चन्द्रमाका प्राधान्य क्यों माना गया है? तो इस विषयमें ब्रह्माण्डपुराणमें लिखा है कि पार्वतीने गणेशजीको प्रकट किया, उस समय इन्द्र-चन्द्रादि सभी देवताओंने आकर उनका दर्शन किया; किंतु शनिदेव दूर रहे। कारण यह था कि उनकी दृष्टिसे प्रत्येक प्राणी और पदार्थके टुकड़े हो जाते थे। परंतु पार्वतीके रुष्ट होनेसे शनिने गणेशजीपर दृष्टि डाली। फल यह हुआ कि गणेशजीका मस्तक उड़कर अमृतमय चन्द्रमण्डलमें चला गया।''''दूसरी कथा यह है कि पार्वतीने अपने शरीरके मैलसे गणेशजीको उत्पन्न करके उनको द्वारपर बैठा दिया। जब थोड़ी देर बाद शिवजी आकर अंदर जाने लगे, तब गणेशजीने उनको नहीं जाने दिया। तब उन्होंने अनजानमें अपने त्रिशूलसे उनका मस्तक काट डाला और वह चन्द्रलोकमें चला गया। इधर पार्वतीकी प्रसन्नताके लिये शिवजीने हाथीके सद्योजात बच्चेका मस्तक मँगवाकर गणेशजीके जोड़ दिया। विज्ञानियोंका विश्वास है कि गणेशजीका असली मस्तक चन्द्रमामें है और इसी सम्भावनासे चन्द्रमाका दर्शन किया जाता है।'''' यह व्रत ४ या १३ वर्षतक करनेका है। अतः अवधि समाप्त होनेपर इसका उद्यापन करे। उसमें सर्वतोभद्रमण्डलपर

कलश स्थापन करके उसपर गणेशजीकी स्वर्णमयी मूर्तिका पूजन करे। ऋतुकालके गन्ध-पुष्पादि धारण कराये। उसी जगह चाँदीके चन्द्रमाका अर्चन करे। नैवेद्यमें '**इक्षवः सक्तवो रम्भाफलानि चिमटास्तथा। मोदका नारिकेलानि लाजा द्रव्याष्टकं स्मृतम्॥**' का ग्रहण करे। घी, तिल, शर्करा और बिजोरेके टुकड़ोंको एकत्र करके इनका यथाविधि हवन करे। इसके पीछे २१ मोदक लेकर १ गणंजय, २ गणपति, ३ हेरम्ब, ४ धरणीधर, ५ महागणाधिपति, ६ यज्ञेश्वर, ७ शीघ्रप्रसाद, ८ अभंगसिद्धि, ९ अमृत, १० मन्त्रज्ञ, ११ किन्नाम, १२ द्विपद, १३ सुमंगल, १४ बीज, १५ आशापूरक, १६ वरद, १७ शिव, १८ कश्यप, १९ नन्दन, २० सिद्धिनाथ और २१ ढुण्ढिराज—इन नामोंसे एक-एक मोदक अर्पण करे। इसके अतिरिक्त गोदान, शय्यादान आदि देकर और ब्राह्मणभोजन कराकर स्वयं भोजन करे। उक्त २१ मोदकोंमें १ गणेशजीके लिये छोड़ दे, १० ब्राह्मणोंको दे और दस अपने लिये रखे।''''''कथाका सार यह है कि प्राचीन कालमें मयूरध्वज नामका राजा बड़ा प्रभावशाली और धर्मज्ञ था। एक बार उसका पुत्र कहीं खो गया और बहुत अनुसंधान करनेपर भी न मिला। तब मन्त्रिपुत्रकी धर्मवती स्त्रीके अनुरोधसे राजाके सम्पूर्ण परिवारने चैत्र कृष्ण चतुर्थीका बड़े समारोहसे यथाविधि व्रत किया। तब भगवान् गणेशजीकी कृपासे राजपुत्र आ गया और उसने मयूरध्वजकी आजीवन सेवा की।

(४) शीतलाष्टमी (स्कन्दपुराण)—इस देशमें शीतलाष्टमीका व्रत केवल चैत्र कृष्ण अष्टमीको होता है; किंतु स्कन्दपुराणमें चैत्रादि ४ महीनोंमें इस व्रतके करनेका विधान है। इसमें पूर्वविद्धा अष्टमी* ली जाती है। व्रतीको चाहिये कि अष्टमीको शीतल जलसे प्रातःस्नानादि करके '**मम गेहे शीतलारोगजनितोपद्रवप्रशमनपूर्वकायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धये शीतलाष्टमी-**

---

* व्रतमात्रेऽष्टमी कृष्णा पूर्वा शुक्लाष्टमी परा। (माधव)

व्रतं करिष्ये।' यह संकल्प करे। तदनन्तर सुगन्धयुक्त गन्ध-पुष्पादिसे शीतलाका पूजन करके प्रत्येक प्रकारके मेवे, मिठाई, पूआ, पूरी, दाल-भात, लपसी और रोटी-तरकारी आदि कच्चे-पक्के, सभी शीतल पदार्थ (पहले दिनके बनाये हुए) भोग लगाये और शीतलास्तोत्रका पाठ करके रात्रिमें जागरण और दीपावली करे। नैवेद्यमें यह विशेषता[१] है कि चातुर्मासी व्रत हो तो—१ चैत्रमें शीतल पदार्थ, २ वैशाखमें घी और शर्करासे युक्त सत्तू, ३ ज्येष्ठमें पूर्व दिनके बनाये हुए अपूप (पूए) और ४ आषाढ़में घी और शक्कर मिली हुई खीरका नैवेद्य अर्पण करे। इस प्रकार करनेसे व्रतीके कुलमें दाहज्वर, पीतज्वर, विस्फोटक, दुर्गन्धयुक्त फोड़े, नेत्रोंके समस्त रोग, शीतलाकी फुंसियोंके चिह्न और शीतलाजनित सर्वदोष दूर होते हैं और शीतला सदैव संतुष्ट रहती है। शीतलास्तोत्रमें[२] शीतलाका जो स्वरूप बतलाया है, वह शीतलाके रोगीके लिये बहुत हितकारी है। उसमें बतलाया है कि 'शीतला दिगम्बरा है, गर्दभपर आरूढ़ रहती है, शूप, मार्जनी (झाड़ू) और नीमके पत्तोंसे अलंकृत होती है और हाथमें शीतल जलका कलश रखती है।' वास्तवमें शीतलाके रोगीके सर्वांगमें दाहयुक्त फोड़े होनेसे वह बिलकुल नग्न हो जाता है। 'गर्दभपिण्डी' (गधेकी लीद)-की गन्धसे फोड़ोंकी पीड़ा कम होती है। शूपके काम (अन्नकी सफाई आदि) करने

---

१. भक्षयेद् वटकान् पूपांश्चैत्रे शीतजलान्वितान्।
वैशाखे सक्तुकं तावत् साज्यं शर्करयान्वितम्॥
एवं या कुरुते नारी व्रतं वर्षचतुष्टयम्।
तत्कुले नोपसर्पन्ति गलगण्डग्रहादयः॥
विष्फोटकभयं घोरं कुले तस्य न जायते।
शीतले ज्वरदग्धस्य पूतगन्धगतस्य च॥
प्रणष्टचक्षुषः पुंसस्त्वामाहुर्जीवनौषधम्। (स्कन्द०)

२. वन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम्।
मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालंकृतमस्तकाम्॥ (शीतलास्तोत्र)

और झाड़ू लगानेसे बीमारी बढ़ जाती है, अतः इन कामोंको सर्वथा बंद रखनेके लिये शूप और झाड़ू बीमारके समीप रखते हैं। नीमके पत्तोंसे शीतलाके फोड़े सड़ नहीं सकते और शीतल जलके कलशका समीप रखना तो आवश्यक है ही।

(५) **संतानाष्टमी** (विष्णुधर्मोत्तर)—यह व्रत भी चैत्र कृष्ण अष्टमीको ही किया जाता है। इसमें प्रातःस्नानादिके बाद श्रीकृष्ण और देवकीका गन्धादिसे पूजन करे और मध्याह्नमें सात्त्विक पदार्थोंका भोग लगाये।

(६) **कृष्णैकादशी** (नानापुराणस्मृति)—यह व्रत चैत्रादि सभी महीनोंके शुक्ल और कृष्ण दोनों पक्षोंमें किया जाता है[१]। फल दोनोंका ही समान है। शुक्ल और कृष्णमें कोई विशेषता नहीं है। जिस प्रकार शिव और विष्णु दोनों आराध्य हैं, उसी प्रकार कृष्ण और शुक्ल दोनों पक्षोंकी एकादशी उपोष्य है[२]। विशेषता यह है कि पुत्रवान् गृहस्थ शुक्ल एकादशी और वानप्रस्थ, संन्यासी तथा विधवा दोनोंका व्रत करें तो उत्तम होता है[३]। इसमें शैव और वैष्णवका भेद भी आवश्यक नहीं; क्योंकि जो जीवमात्रको[४] समान समझे, निजाचारमें रत रहे और अपने प्रत्येक कार्यको विष्णु और शिवके अर्पण करता रहे, वही शैव और वैष्णव होता है। अतः दोनोंके श्रेष्ठ बर्ताव एक होनेसे शैव और वैष्णवोंमें अपने-आप ही अभेद हो जाता है। इस

---

१. एकादशी सदोपोष्या पक्षयोः शुक्लकृष्णयोः। (सनत्कुमार)

२. यथा विष्णुः शिवश्चैव तथैवैकादशी स्मृता। (वराहपुराण)

३. विधवाया वनस्थस्य यतेश्चैकादशीद्वये।
उपवासो गृहस्थस्य शुक्लायामेव पुत्रिणः॥ (कालादर्श)

४. समात्मा सर्वभूतेषु निजाचारादविप्लुतः।
विष्णवर्पिताखिलाचारःस हि वैष्णव उच्यते।(शैवःखलूच्यते)॥ (स्कन्द)

सर्वोत्कृष्ट प्रभावके कारण ही शास्त्रोंमें एकादशीका महत्त्व[१] अधिक माना गया है।.....इसके शुद्धा और विद्धा—ये दो भेद हैं। दशमी आदिसे विद्ध हो, वह 'विद्धा' और अविद्ध हो वह 'शुद्धा' होती है। इस व्रतको शैव, वैष्णव और सौर—सब करते हैं[२]। वेधके विषयमें बहुतोंके विभिन्न मत हैं। उनको शैव, वैष्णव और सौर पृथक्-पृथक् ग्रहण करते हैं। (१) सिद्धान्तरूपसे उदयव्यापिनी ली जाती है। परंतु उसकी उपलब्धि सदैव नहीं होती। इस कारण (२) कोई पहले दिनकी ४५ घड़ी दशमीको त्यागते हैं। (३) कोई ५५ घड़ीका वेध निषिद्ध मानते हैं। (४) कई दशमी और द्वादशीके योगकी एकादशीको त्यागकर द्वादशीका व्रत करते हैं। (५) कई एकादशीको ही उपोष्य बतलाते हैं। (६) मत्स्यपुराणके मतानुसार क्षय एकादशी निषिद्ध होती है। (७) जिस दिन दशमी अनुमान १।१५, एकादशी ५७।२२ और द्वादशी १।२३ हो उस दिन एकादशीका क्षय हो जाता है। (८) किसीके मतमें दशमी ४५ से जितनी ज्यादा हो उतना ही ज्यादा बुरा वेध होता है। यथा ४५ का 'कपाल', ५२ का 'छाया', ५३ का 'ग्रासाख्य', ५४ का 'सम्पूर्ण', ५५ का 'सुप्रसिद्ध', ५६ का 'महावेध', ५७ का 'प्रलयाख्य', ५८ का 'महाप्रलयाख्य', ५९ का 'घोराख्य' और ६० का 'राक्षसाख्य' वेध होता है। ये सब साम्प्रदायिक वेध हैं और (९) वैष्णवोंमें ४५ तथा ५५ का वेध त्याज्य होता है.....एकादशीके

---

१. संसाराख्यमहाघोरदु:खिनां सर्वदेहिनाम्।
एकादश्युपवासोऽयं निर्मितं परमौषधम्॥ (वसिष्ठ)
एकादशीं परित्यज्य योऽन्यद्व्रतमुपासते
स करस्थं महारत्नं त्यक्त्वा लोष्ठं हि याचते॥ (स्मृत्यन्तर)
अष्टवर्षाधिको मर्त्यो ह्यपूर्णाशीतिवत्सर:।
एकादश्यामुपवसेत् पक्षयोरुभयोरपि॥ (कात्यायन)

२. वैष्णवो वाथ शैवो वा सौरोऽप्येतत् समाचरेत्। (सौरपुराण)

१ उन्मीलिनी, २ वंजुली, ३ त्रिस्पृशा, ४ पक्षवर्धिनी, ५ जया, ६ विजया, ७ जयन्ती और ८ पापनाशिनी—ये आठ भेद और हैं। इनमें त्रिस्पृशा (तीनोंको स्पर्श[१] करनेवाली) एकादशी (यथा सूर्योदयमें एकादशी, तत्पश्चात् द्वादशी और दूसरे सूर्योदयमें त्रयोदशी हो वह) महाफल देनेवाली मानी गयी है।....एकादशीके नित्य और काम्य दो भेद हैं। निष्काम की जाय, वह 'नित्य' और धन-पुत्रादिकी प्राप्ति अथवा रोग-दोषादिकी निवृत्तिके निमित्त की जाय, वह 'काम्य' होती है। नित्यमें मलमास या शुक्रास्तादिकी मनाही नहीं; किंतु काम्यमें शुभ समय होनेकी आवश्यकता है। व्रतविधि सकाम और निष्काम दोनोंकी एक है। यदि असामर्थ्य अथवा आपत्ति[२] आदि अमिट कारणोंसे नित्य व्रत न किया जा सके तो एकभक्त, नक्तव्रत, अयाचित अथवा दूसरेके द्वारा व्रत हो जाय तो कोई दोष नहीं। यद्यपि दिनक्षय[३], सूर्यसंक्रान्ति और चन्द्रादित्यके ग्रहणमें व्रत करना वर्जित है; किंतु एकादशीके नित्य व्रतके लिये ऐसे अवसरमें भी फल-मूलादिसे परिहार कर लेनेकी आज्ञा है। यदि एकादशीके नित्य व्रतके दिन (माता-पिता आदिका) नैमित्तिक श्राद्ध आ जाय तो श्राद्ध और उपवास दोनों करे; किंतु श्राद्धीय भोजनको (जिसे पुत्रको भी करना चाहिये) दाहिने हाथमें लेकर सूँघ ले और गौको खिलाकर स्वयं उपवास रखे[४]।....व्रतके दूसरे दिन पारण

---

१. अरुणोदय आद्या स्याद् द्वादशी सकलं दिनम्।
अन्ते त्रयोदशी प्रातस्त्रिस्पृशा सा हरेः प्रिया॥ (ब्रह्मवैवर्त०)

२. एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन च।
उपवासेन दानेन न निर्द्वादशिको भवेत्॥ (मार्कण्डेय)

३. दिनक्षयेऽर्कसंक्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
उपवासं न कुर्वीत पुत्रपौत्रसमन्वितः॥ (मत्स्यपुराण)

४. उपवासो यदा नित्यः श्राद्धं नैमित्तिकं भवेत्।
उपवासं तदा कुर्यादाघ्राय पितृसेवितम्॥ (कात्यायन)

किया जाता है। उस दिन यदि द्वादशी बहुत कम हो और नित्य कर्मके पूर्ण करनेमें देर लगे तो प्रातःकाल और मध्याह्नकालके दोनों काम उषःकालमें कर ले। यदि संकटवश पारण न हो सके तो केवल जल पीकर पारण करे। इनके अतिरिक्त अन्य विधान आगे वैशाखादिके व्रतोंमें यथास्थान दिये गये हैं।……एकादशीका व्रत करनेवालेको चाहिये कि वह प्रथमारम्भका व्रत मलमासादिमें न करे। गुरु-शुक्रके उदयके चैत्र, वैशाख, माघ या मार्गशीर्षकी एकादशीसे आरम्भ करके श्रद्धा, भक्ति और सदाचारसहित सदैव करता रहे। व्रतके (दशमी, एकादशी और द्वादशी—इन) तीन दिनोंमें कांस्यपात्र, मसूर, चने, मिथ्याभाषण, शाक, शहद, तेल, मैथुन, द्यूत और अत्यम्बुपान— इनका सेवन न करे।……व्रतके पहले दिन (दशमीको) और दूसरे दिन (द्वादशीको) हविष्यान्न (जौ, गेहूँ, मूँग, सेंधा नमक, काली मिर्च, शर्करा और गोघृत आदि)-का एक बार भोजन करे। दशमीकी रातमें एकादशीके व्रतका स्मरण रखे और एकादशीको प्रातः-स्नानादि नित्यकर्मसे निवृत्त होकर '**मम कायिकवाचिकमानसिकसांसर्गिकपातकोपपातक-दुरितक्षयपूर्वकश्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्तये श्रीपरमेश्वर-प्रीतिकामनया विजयैकादशीव्रतमहं करिष्ये**' यह संकल्प करके जितेन्द्रिय होकर श्रद्धा, भक्ति और विधिसहित भगवान्का पूजन करे। उत्तम प्रकारके गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य आदि अर्पण करके नीराजन करे। तत्पश्चात् जप, हवन, स्तोत्रपाठ और मनोहर गायन-वादन और नृत्य करके प्रदक्षिणा और दण्डवत् करे। इस प्रकार भगवान्की सेवा और स्मरणमें दिन व्यतीत करके रात्रिमें कथा, वार्ता, स्तोत्रपाठ अथवा भजन आदिके साथ जागरण करे। फिर द्वादशीको पुनः पूजन करनेके पश्चात् पारण करे*।……यद्यपि

* स्नात्वा सम्यग् विधानेन सोपवासो जितेन्द्रियः।
सम्पूज्य विधिवद् विष्णुं श्रद्धया सुसमाहितः॥

एकादशीका उपवास अस्सी वर्षकी आयु होनेतक करते रहना आवश्यक है; किंतु असामर्थ्यादिवश सदैव न बन सके तो उद्यापन करके समाप्त करे। उद्यापनमें सर्वतोभद्रमण्डलपर सुवर्णादिका कलश स्थापन करके उसपर भगवान्‌की स्वर्णमयी मूर्तिका शास्त्रोक्त-विधिसे पूजन करे। घी, तिल, खीर और मेवा आदिसे हवन करे। दूसरे दिन द्वादशीको प्रातःस्नानादिके पीछे गोदान, अन्नदान, शय्यादान, भूयसी आदि देकर और ब्राह्मण-भोजन कराकर स्वयं भोजन करे। ब्राह्मण-भोजनके लिये २६ द्विजदम्पतियोंको सात्त्विक पदार्थोंका भोजन कराके सुपूजित और वस्त्रादिसे भूषित २६ कलश (प्रत्येकको एक-एक) दे।.....चैत्र कृष्ण एकादशी 'पापमोचिनी' है। यह पापोंसे मुक्त करती है। च्यवनऋषिके उत्कृष्ट तपस्वी पुत्र मेधावीने मंजुघोषाके संसर्गसे अपना सम्पूर्ण तप-तेज खो दिया था, किंतु पिताने उससे चैत्र कृष्ण एकादशीका व्रत करवाया। तब उसके प्रभावसे मेधावीके सब पाप नष्ट हो गये और वह यथापूर्व अपने धर्म-कर्म, सदनुष्ठान और तपश्चर्यामें संलग्न हो गया।

(७) वारुणीयोग*—(वाचस्पति-निबन्ध)—यह पुण्यप्रद महायोग तीन प्रकारका होता है। पहला चैत्र कृष्ण त्रयोदशीको वारुण नक्षत्र

पुष्पैर्गन्धैस्तथा धूपैर्दीपैर्नैवेद्यकैः परैः।
उपचारैर्बहुविधैर्जपहोमप्रदक्षिणैः॥
स्तोत्रैर्नानाविधैर्दिव्यैर्गीतवाद्यमनोहरैः।
दण्डवत् प्रणिपातैश्च जयशब्दैस्तथोत्तमैः॥
गीतैर्वाद्यैः संस्तवैश्च पुराणश्रवणादिभिः।
एवं सम्पूज्य विधिवद् रात्रौ कृत्वा प्रजागरम्॥
याति विष्णोः परं स्थानं नरो नास्त्यत्र संशयः। (ब्रह्मपुराण)

* चैत्रासिते वारुणऋक्षयुक्ता त्रयोदशी सूर्यसुतस्य वारे।
योगे शुभे सा महती महत्या गंगाजलेऽर्कग्रहकोटितुल्या॥ (त्रिस्थलीसेतु)

(शतभिषा) हो तो 'वारुणी', दूसरा उसी दिन शतभिषा और शनिवार हो तो 'महावारुणी' और तीसरा शतभिषा, शनिवार और शुभ योग हो तो 'महामहावारुणी' होता है। इस योगमें गंगादि तीर्थस्थानोंमें स्नान, दान और उपवासादि करनेसे शतशः सूर्यग्रहणोंके समान फल होता है। उस दिनका पुण्यकाल पंचांगसे ज्ञात हो सकता है। (उदाहरणार्थ तीनों योग इस प्रकार हैं। चैत्र कृष्ण त्रयोदशी १३। ७, शतभिषा १७। ५—इस दिन प्रातः १३। ७ तक 'वारुणी'; चैत्र कृष्ण १३ शनिवार ५। १५, शतभिषा ३०। ३२—इस दिन ५। १५ तक महावारुणी और चैत्र कृष्ण १३ शनिवार ५०। ५५, शतभिषा २२। २० और शुभयोग १३। ७—इस दिन पूर्वाह्णमें १३ घड़ी ७ पलतक महामहावारुणी मानना चाहिये। त्रयोदशीमें नक्षत्रादि जितनी देर रहें उतनी घड़ीतक वारुणी आदि रहते हैं।)

(८) **प्रदोषव्रत** (स्कन्दपुराण)—यह व्रत शिवजीकी प्रसन्नता और प्रभुत्वकी प्राप्तिके प्रयोजनसे प्रत्येक मासके कृष्ण और शुक्ल दोनों पक्षोंमें त्रयोदशीको किया जाता है। शिवपूजन और रात्रि-भोजनके अनुरोधसे इसे 'प्रदोष[1]' कहते हैं। इसका समय सूर्यास्तसे दो घड़ी रात बीतनेतक[2] है। जो मनुष्य प्रदोषके समय परमेश्वर (शिवजी)-के चरण-कमलका अनन्य मनसे आश्रय लेता है उसके धन-धान्य, स्त्री-पुत्र, बन्धु-बान्धव और सुख-सम्पत्ति सदैव बढ़ते रहते हैं[3]। यदि कृष्ण पक्षमें सोम और शुक्ल पक्षमें शनि हो तो उस प्रदोषका विशेष फल

१. शिवपूजानक्तभोजनात्मकं प्रदोषम्। (हेमाद्रि)

२. प्रदोषोऽस्तमयादूर्ध्वं घटिकाद्वयमिष्यते। (माधव)
प्रदोषोऽस्तमयादूर्ध्वं घटिकात्रयमिष्यते। (गौड़ग्रन्थ)

३. ये वै प्रदोषसमये परमेश्वरस्य कुर्वन्त्यनन्यमनसोऽङ्घ्रिसरोजसेवाम्।
नित्यं प्रवृद्धधनधान्यकलत्रपुत्रसौभाग्यसम्पदधिकास्त इहैव लोकाः॥
(स्कन्द०)

होता है[१]। कृष्ण-प्रदोषमें प्रदोषव्यापिनी परविद्धा त्रयोदशी ली जाती है[२]। उस दिन सूर्यास्तके समय पुनः स्नान करके शिवमूर्तिके समीप पूर्व या उत्तरमुख होकर बैठे और हाथमें जल, फल, पुष्प और गन्धाक्षत लेकर '**मम शिवप्रसादप्राप्तिकामनया प्रदोषव्रतांगीभूतं शिवपूजनं करिष्ये**' यह संकल्प करके भालपर भस्मके भव्य तिलक और गलेमें रुद्राक्षकी माला धारण करे। उत्तम प्रकारके गन्ध, पुष्प और बिल्व-पत्रादिसे उमा-महेश्वरका पद्धतिके अनुसार पूजन करे। यदि साक्षात् शिवमूर्तिका सांनिध्य प्राप्त न हो सके तो भीगी हुई चिकनी मिट्टीको '**हराय नमः**' से ग्रहण करके '**महेश्वराय नमः**' से कुक्कुटाण्ड अथवा करांगुष्ठके प्रमाणकी मूर्ति बनाये। फिर '**शूलपाणये नमः**' से प्रतिष्ठा और '**पिनाकपाणये नमः**' से आवाहन करके '**शिवाय नमः**' से स्नान कराये और '**पशुपतये नमः**' से गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पण करे। तत्पश्चात् '**जय नाथ कृपासिन्धो जय भक्तार्तिभंजन। जय दुस्तरसंसारसागरोत्तारण प्रभो॥ प्रसीद मे महाभाग संसारार्तस्य खिद्यतः। सर्वपापक्षयं कृत्वा रक्ष मां परमेश्वर॥**' से प्रार्थना करके '**महादेवाय नमः**' से पूजित मूर्तिका विसर्जन करे[३]।.....इस व्रतकी पूर्ण अवधि २१ वर्षकी है, परंतु समय और सामर्थ्य न हो तो उद्यापन करके इसका विसर्जन करे। विशेष विधान आगे वैशाखादिके व्रतोंसे जान सकते हैं।

---

१. यदा त्रयोदशी कृष्णा सोमवारेण संयुता।
यदा त्रयोदशी शुक्ला मन्दवारेण संयुता॥
तदातीव फलं प्राप्तं धनपुत्रादिकं लभेत्। (हेमाद्रि)

२. शुक्लत्रयोदशी पूर्वा परा कृष्णा त्रयोदशी। (माधव)
यदा तु कृष्णपक्षे परविद्धा न लभ्यते तदा पूर्वविद्धा ग्राह्या। (वसिष्ठ)

३. हरो महेश्वरश्चैव शूलपाणिः पिनाकधृक्।
शिवः पशुपतिश्चैव महादेवेति पूजयेत्॥ (शिवपूजा)

(९) केदारदर्शन (पृथ्वीचन्द्रोदय)—चैत्र कृष्ण चतुर्दशीको केदारनाथका ध्यान और मानसोपचार पूजन करके व्रत करे और बन सके तो गंगास्नान करके एकभुक्त व्रत करे तो इस व्रतके करनेसे केदारनाथके दर्शनोंके समान फल होता है और जन्म-मरणके बन्धनसे मुक्त हो जाता है।

(१०) चैत्री अमा (हेमाद्रि)—चैत्र कृष्ण अमावस्याको प्रातः-स्नानादिके पीछे यथासामर्थ्य अन्न, गौ, सुवर्ण और वस्त्रादिका दान, पितरोंका श्राद्ध और देवताओंके समीप जप-ध्यान और पूजन करके ब्राह्मण-भोजन कराये तो बहुत पुण्य होता है। यदि इस दिन सोम, भौम अथवा गुरुवार हो तो ऐसे योगके दान-पुण्य, ब्राह्मण-भोजन और व्रतसे सूर्यग्रहणके समान फल होता है।

(११) वह्निव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—यह चैत्र कृष्ण अमावस्याको किया जाता है। इसमें परविद्धा अमा लेनी चाहिये। व्रतके पहले दिन (चैत्र कृष्ण चतुर्दशीको) नित्यके स्नानादिसे निवृत्त होकर अग्निदेवकी सुवर्णनिर्मित मूर्तिका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और अमावस्याको '**ॐ अग्नये स्वाहा**' इस मन्त्रसे तिल, घी और शर्कराका हवन करे। इस प्रकार वर्षपर्यन्त करनेके पश्चात् वह्निकी मूर्ति ब्राह्मणको दे दे।

(१२) पितृव्रत (विष्णुधर्म)—चैत्र कृष्ण प्रतिपदासे अमावस्यातक प्रभास्वर, बर्हिषद्, अग्निष्वात्त, क्रव्याद, भूत, आज्यपति और सुकालिन् नामके पितरोंका पूजन करनेसे पित्रीश्वर प्रसन्न होते हैं।

शुक्लपक्ष

(१) संवत्सर (अनुसंधानमंजूषा)—यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदाको पूजित होता है। इसमें मुख्यतया ब्रह्माजीका और उनकी निर्माण की हुई सृष्टिके प्रधान-प्रधान देवी, देवताओं, यक्ष-राक्षस, गन्धर्वों, ऋषि-मुनियों, मनुष्यों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और कीटाणुओंका ही नहीं—रोगों और उनके उपचारोंतकका पूजन किया

जाता है। इससे यह स्वतः सूचित होता है कि संवत्सर सर्वप्रधान, महामान्य[१] है। संवत्सर उसे कहते हैं जिसमें मासादि भलीभाँति[२] निवास करते रहें। इसका दूसरा अर्थ है बारह महीनेका 'कालविशेष'। यही श्रुतिका[३] वाक्य भी है। जिस प्रकार महीनोंके चान्द्रादि तीन भेद हैं उसी प्रकार संवत्सरके भी सौर, सावन[४] और चान्द्र— ये तीन भेद हैं। परंतु अधिमाससे चान्द्रमास १३ हो जाते हैं। ऐसा होनेसे संवत्सर १२ महीनेका नहीं रहता, १३ का हो जाता है। इसका स्मृतिकारोंने यह समाधान किया है कि 'बादरायणने अधिमासको ३०-३० दिनके दो महीने नहीं माने[५], ६० दिनका एक महीना माना है।' इसलिये संवत्‌के बारह महीने ही हो जाते हैं। फिर भी १३ महीने माने जायँ तो दूसरे श्रुति-वाक्यके[६] अनुसार १३ मासका भी संवत्सर होता है। ज्योतिःशास्त्रके अनुसार संवत्सरके सौर, सावन, चान्द्र, बार्हस्पत्य और नाक्षत्र—ये ५ भेद हैं। परंतु धर्म-कर्म और लोक-व्यवहारमें[७] चान्द्र संवत्सरकी प्रवृत्ति ही विख्यात है। ...चान्द्र संवत्सरका प्रारम्भ चैत्र शुक्ल[८] प्रतिपदासे होता है। इसपर कोई यह पूछ सकते हैं कि जब चान्द्रमास

---

१. कालः सृजति भूतानि कालः संहरति प्रजाः।
कालः सुप्तेषु जागर्ति कालो हि दुरतिक्रमः॥
अनादिरेष भगवान् कालोऽनन्तोऽजरोऽमरः।
सर्वगत्वात् स्वतन्त्रत्वात् सर्वात्मत्वान्महेश्वरः॥ (विष्णुधर्मोत्तर)

२. स च संवत्सरः सम्यग् वसन्त्यस्मिन् मासादयः। (स्मृतिसार)

३. द्वादश मासाः संवत्सरः। (श्रुति)

४. चान्द्रसावनसौराणां त्रयः संवत्सरा अपि। (ब्रह्मसिद्धान्त)

५. षष्ट्या तु दिवसैर्मासः कथितो बादरायणैः। (स्मृत्यन्तर)

६. अति त्रयोदशमासः। (श्रुति)

७. स्मरेत् सर्वत्र कर्मादौ चान्द्रं संवत्सरं सदा।
नान्यं यस्माद्वत्सरादौ प्रवृत्तिस्तस्य कीर्तिता॥ (आर्ष्टिषेण)

८. चान्द्रोऽब्दो मधुशुक्लगप्रतिपदारम्भः। (दीपिका)

कृष्ण प्रतिपदासे प्रारम्भ होते हैं तो संवत्सर शुक्लसे क्यों होता है। इसका समाधान यह है कि कृष्णके आरम्भमें मलमास आनेकी सम्भावना रहती है और शुक्लमें नहीं रहती। इस कारण संवत्सरकी प्रवृत्ति शुक्ल प्रतिपदासे ही अनुकूल होती है। इसके सिवा ब्रह्माजीने सृष्टिका[1] आरम्भ इसी शुक्ल प्रतिपदाको किया था और इसी दिन मत्स्यावतारका[2] आविर्भाव तथा सत्ययुगका आरम्भ हुआ था। इस महत्त्वको मानकर भारतके महामहिम सार्वभौम सम्राट् विक्रमादित्यने भी अपने संवत्सरका आरम्भ (आजसे प्रायः दो हजार वर्ष पहले) चैत्र शुक्ल प्रतिपदाको ही किया था।... इसमें संदेह नहीं कि विश्वके यावन्मात्र संवत्सरोंमें शालिवाहन शक और विक्रम-संवत्सर—ये दोनों सर्वोत्कृष्ट हैं। परंतु शकका विशेषकर गणितमें प्रयोजन होता है और विक्रम-संवत्‌का इस देशमें गणित, फलित, लोक-व्यवहार और धर्मानुष्ठानोंके समय-ज्ञान आदिमें अमिट रूपसे उपयोग और आदर किया जाता है। प्रारम्भमें प्रतिपदा[3] लेनेका यह प्रयोजन है कि ब्रह्माजीने जब सृष्टिका आरम्भ किया, उस समय इसको 'प्रवरा' (सर्वोत्तम) तिथि सूचित किया था और वास्तवमें यह प्रवरा है भी। इसमें धार्मिक, सामाजिक, व्यावहारिक और राजनीतिक आदि अधिक महत्त्वके अनेक काम आरम्भ किये जाते हैं। इसमें संवत्सरका पूजन, नवरात्र-घट-स्थापन, ध्वजारोपण, तैलाभ्यंग-स्नान, वर्षेशादिका फलपाठ, पारिभद्रका पत्र-प्राशन और प्रपास्थापन आदि लोकप्रसिद्ध और विश्वोपकारक अनेक काम होते हैं। इसके

---

१. चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि। (ब्रह्मपुराण)

२. कृते च प्रभवे चैत्रे प्रतिपच्छुक्लपक्षगा।
रेवत्यां योगविष्कम्भे दिवा द्वादशनाडिकाः॥
मत्स्यरूपकुमार्यां च अवतीर्णो हरिः स्वयम्। (स्मृतिकौस्तुभ)
ग्रन्थान्तरेषु चैत्रशुक्लतृतीयायां मत्स्यावतारः संसूचितः॥

३. तिथीनां प्रवरा यस्माद् ब्रह्मणा समुदाहृता।
प्रतिपद्यापदे पूर्वे प्रतिपत् तेन सोच्यते। (भविष्योत्तर)

द्वारा सनातनी जनतामें सर्वत्र ही संवत्सरका महोत्सव[१] मनाया जाता है।

(२) **संवत्सरपूजन** (ब्रह्माण्डपुराण)—यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदाको किया जाता है। यदि चैत्र अधिक मास हो तो दूसरे चैत्रमें करना चाहिये। इसमें 'सम्मुखी[२]' (सर्वा-व्यापिनी) प्रतिपदा ली जाती है। ज्यौतिष शास्त्रके अनुसार उस दिन उदयमें जो वार हो, वही उस वर्षका राजा[३] होता है। यदि उदयव्यापिनी दो दिन हो या दोनों दिनोंमें ही न हो तो पहले दिन जो वार हो वह वर्षेश होता है। चैत्र मलमास हो तो पूजनादि सभी काम शुद्ध चैत्रमें करने चाहिये। मलमासमें कृष्ण पक्षके काम पहले महीनेमें और शुक्लपक्षके काम दूसरेमें करने चाहिये। यथा शीतलापूजन प्रथम चैत्रमें और नवरात्र तथा गौरीपूजन दूसरे चैत्रमें होते हैं..... चैत्र शुक्ल प्रतिपदाको प्रातः स्नानादि नित्यकर्म करनेके पश्चात् हाथमें गन्ध, अक्षत, पुष्प और जल लेकर '**मम सकुटुम्बस्य सपरिवारस्य स्वजनपरिजनसहितस्य वा आयुरारोग्यैश्वर्यादिसकलशुभफलोत्तरोत्तराभिवृद्ध्यर्थं ब्रह्मादिसंवत्सरदेवतानां पूजनमहं करिष्ये**' यह संकल्प करके नवनिर्मित समचौरस चौकी या बालूकी वेदीपर श्वेत वस्त्र बिछाये और उसपर हरिद्रा अथवा केसरसे रँगे हुए अक्षतोंका अष्टदल कमल बनाकर उसपर सुवर्णनिर्मित मूर्ति स्थापन करके '**ॐ ब्रह्मणे नमः**' से ब्रह्माजीका आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, आचमन, ताम्बूल,

---

१. प्राप्ते नूतनवत्सरे प्रतिगृहं कुर्याद् ध्वजारोपणं
स्नानं मंगलमाचरेद् द्विजवरैः साकं सुपूजोत्सवैः।
देवानां गुरुयोषितां च विभवालंकारवस्त्रादिभिः
सम्पूज्यो गणकः फलं च शृणुयात् तस्माच्च लाभप्रदम्॥ (उत्सवचन्द्रिका)

२. प्रतिपत्सम्मुखी कार्या या भवेदापराह्णिकी। (स्कन्दपुराण)

३. चैत्रे सितप्रतिपदि यो वारोऽर्कोदये स वर्षेशः।
उदयद्वितये पूर्वो नोदययुगलेऽपि पूर्वः स्यात्॥ (ज्योतिर्निबन्ध)

नीराजन, नमस्कार, पुष्पांजलि और प्रार्थना—इन उपचारोंसे पूजन करे। इसी प्रकार १ कालाय, २ निमेषाय, ३ त्रुट्यै, ४ लवाय, ५ क्षणाय, ६ काष्ठायै, ७ कलायै, ८ सुषुम्णायै, ९ नाडिकायै, १० मुहूर्ताय, ११ निशाभ्यः, १२ पुण्यदिवसेभ्यः, १३ पक्षाभ्याम्, १४ मासेभ्यः, १५ षड्ऋतुभ्यः, १६ अयनाभ्याम्, १७ संवत्सरपरिवत्सरेडावत्सरानुवत्सरवत्सरेभ्यः, १८ कृतयुगादिभ्यः, १९ नवग्रहेभ्यः, २० अष्टाविंशतियोगेभ्यः, २१ द्वादशराशिभ्यः, २२ करणेभ्यः, २३ व्यतीपातेभ्यः, २४ प्रतिवर्षाधिपेभ्यः, २५ विज्ञातेभ्यः, २६ सानुयात्रकुलनागेभ्यः, २७ चतुर्दशमनुभ्यः, २८ पंचपुरन्दरेभ्यः, २९ दक्षकन्याभ्यः, ३० देव्यै, ३१ सुभद्रायै, ३२ जयायै, ३३ भृगुशास्त्राय, ३४ सर्वास्त्रजनकाय, ३५ बहुपुत्रपत्नीसहिताय, ३६ बृद्ध्यै, ३७ ऋद्ध्यै, ३८ निद्रायै, ३९ धनदाय, ४० गुह्यकस्वामिने, ४१ नलकूबरयक्षेभ्यः, ४२ शंखपद्मनिधिभ्याम्, ४३ भद्रकाल्यै, ४४ सुरभ्यै, ४५ वेदवेदान्तवेदांगविद्यासंस्थायिभ्यः, ४६ नागयक्षसुपर्णेभ्यः, ४७ गरुडाय, ४८ अरुणाय, ४९ सप्तद्वीपेभ्यः, ५० सप्तसमुद्रेभ्यः, ५१ सागरेभ्यः, ५२ उत्तरकुरुभ्यः, ५३ ऐरावताय, ५४ भद्राश्वकेतुमालाय, ५५ इलावृताय, ५६ हरिवर्षाय, ५७ किम्पुरुषेभ्यः, ५८ भारताय, ५९ नवखण्डेभ्यः, ६० सप्तपातालेभ्यः, ६१ सप्तनरकेभ्यः, ६२ कालाग्निरुद्रशेषेभ्यः, ६३ हरये क्रोडरूपिणे, ६४ सप्तलोकेभ्यः, ६५ पंचमहाभूतेभ्यः, ६६ तमसे, ६७ तमःप्रकृत्यै, ६८ रजसे, ६९ रजःप्रकृत्यै, ७० प्रकृतये, ७१ पुरुषाय, ७२ अभिमानाय, ७३ अव्यक्तमूर्तये, ७४ हिमप्रमुखपर्वतेभ्यः, ७५ पुराणेभ्यः, ७६ गंगादिसप्तनदीभ्यः, ७७ सप्तमुनिभ्यः, ७८ पुष्करादितीर्थेभ्यः, ७९ वितस्तादिनिम्नगाभ्यः, ८० चतुर्दशदीर्घाभ्यः, ८१ धारिणीभ्यः, ८२ धात्रीभ्यः,

८३ विधात्रीभ्यः, ८४ छन्दोभ्यः, ८५ सुरभ्यैरावणाभ्याम्, ८६ उच्चैःश्रवसे, ८७ ध्रुवाय, ८८ धन्वन्तरये, ८९ शस्त्रास्त्राभ्याम्, ९० विनायककुमाराभ्याम्, ९१ विघ्नेभ्यः, ९२ शाखाय, ९३ विशाखाय, ९४ नैगमेयाय, ९५ स्कन्दगृहेभ्यः, ९६ स्कन्दमातृभ्यः, ९७ ज्वराय; रोगपतये, ९८ भस्मप्रहरणाय, ९९ ऋत्विग्भ्यः, १०० वालखिल्याय, १०१ काश्यपाय, १०२ अगस्तये, १०३ नारदाय, १०४ व्यासादिभ्यः, १०५ अप्सरोभ्यः, १०६ सोमपदेवेभ्यः, १०७ असोमपदेवेभ्यः, १०८ तुषितेभ्यः, १०९ द्वादशादित्येभ्यः, ११० सगणैकादशरुद्रेभ्यः, १११ दशपुण्येभ्यो विश्वेदेवेभ्यः, ११२ अष्टवसुभ्यः, ११३ नवयोगिभ्यः, ११४ द्वादशभृगुभ्यः, ११५ द्वादशांगिरोभ्यः, ११६ तपस्विभ्यः, ११७ नासत्यदस्राभ्याम्, ११८ अश्विभ्याम्, ११९ द्वादशसाध्येभ्यः, १२० द्वादशपौराणेभ्यः, १२१ एकोनपंचाशद्मरुद्गणेभ्यः, १२२ शिल्पाचार्याय विश्वकर्मणे, १२३ सायुधसवाहनेभ्योऽष्टलोकपालेभ्यः, १२४ आयुधेभ्यः, १२५ वाहनेभ्यः, १२६ वर्मभ्यः, १२७ आसनेभ्यः, १२८ दुन्दुभिभ्यः, १२९ देवेभ्यः, १३० दैत्यराक्षसगन्धर्वपिशाचेभ्यः, १३१ सप्तभेदेभ्यः, १३२ पितृभ्यः, १३३ प्रेतेभ्यः, १३४ सुसूक्ष्मदेवेभ्यः, १३५ भावगम्येभ्यः और **१३६ बहुरूपाय विष्णवे परमात्मने नमः परमात्मविष्णुमावाहयामि स्थापयामि**— इस प्रकार उपर्युक्त सम्पूर्ण देवताओंका पृथक्-पृथक् अथवा एकत्र यथाविधि पूजन करके '**भगवंस्त्वत्प्रसादेन वर्षं क्षेममिहास्तु मे। संवत्सरोपसर्गा मे विलयं यान्त्वशेषतः॥**' से प्रार्थना करे और विविध प्रकारके उत्तम और सात्त्विक पदार्थोंसे ब्राह्मणोंको भोजन करानेके बाद एक बार स्वयं भोजन करे। पूजनके समय नवीन पंचांगसे उस वर्षके राजा, मन्त्री, सेनाध्यक्ष, धनाधिप, धान्याधिप, दुर्गाधिप, संवत्सर-निवास और फलाधिप आदिके फल

श्रवण[1] करे। निवास-स्थानोंको ध्वजा, पताका, तोरण और बंदनवार आदिसे सुशोभित करे। द्वारदेश और देवीपूजाके स्थानमें सुपूजित घट स्थापन करे। पारिभद्रके[2] कोमल पत्तों और पुष्पोंका चूर्ण करके उनमें काली मिर्च, नमक, हींग, जीरा और अजमोद मिलाकर भक्षण करे और सामर्थ्य हो तो 'प्रपा[3]' (पौसरे)-का स्थापन करे। निम्बपत्र-भक्षण और प्रपाके प्रारम्भकी प्रार्थना टिप्पणीके मन्त्रोंसे करे। इस प्रकार करनेसे राजा, प्रजा और साम्राज्यमें वर्षपर्यन्त व्यापक शान्ति रहती है।

(३) **तिलकव्रत** (भविष्योत्तर)—यह व्रत चैत्र शुक्ल प्रतिपदाको किया जाता है। इसके निमित्त नदी या तालाबके तटपर जाकर अथवा घरपर ही पटवासकके चूर्णसे संवत्सरकी मूर्ति लिखकर उसका '**संवत्सराय नमः**', '**चैत्राय नमः**', '**वसन्ताय नमः**' आदि नाम-मन्त्रोंसे पूजन करके विद्वान् ब्राह्मणका अर्चन करे। उस समय ब्राह्मण '**संवत्सरोऽसि०**[4]' मन्त्र पढ़े। तब '**भगवंस्त्वत्प्रसादेन वर्षं क्षेममिहास्तु मे। संवत्सरोपसर्गो मे विलयं यात्वशेषतः॥**' से प्रार्थना करे और दक्षिणा दे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल प्रतिपदाको वर्षभर करे तो भूत-प्रेत-पिशाचादिकी बाधाएँ शान्त हो जाती हैं।

(४) **आरोग्यव्रत** (विष्णुधर्मोत्तर)—यह भी इसी प्रतिपदाको किया जाता है। इसके निमित्त पहले दिन व्रत करके प्रतिपदाको एक चौकीपर

---

१. शकवत्सरभूपमन्त्रिणां रसधान्येश्वरमेघपातिनाम्।
श्रवणात् पठनाच्च वै नृणां शुभतां यात्यशुभं सहाश्रिया॥ (ज्योतिर्निबन्ध)

२. पारिभद्रस्य पत्राणि कोमलानि विशेषतः।
सपुष्पाणि समादाय चूर्णं कृत्वा विधानतः॥
मरिचं लवणं हिंगुं जीरकेण च संयुतम्।
अजमोदयुतं कृत्वा भक्षयेद् रोगशान्तये॥ (पंचांगपारिजात)

३. प्रपेयं सर्वसामान्या भूतेभ्यः प्रतिपादिता।
अस्याः प्रदानात् पितरस्तृप्यन्तु च पितामहाः॥ (दानचन्द्रिका)

४. संवत्सरोऽसि परिवत्सरोऽसीडावत्सरोऽसि अनुवत्सरोऽसि वत्सरोऽसि। (यजुर्वेद)

अनेक प्रकारके कमल बिछाकर उनमें सूर्यका ध्यान करे। श्वेत वर्णके सुगन्धित गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। दही, चीनी, घी, पूए, दूध, भात और फल आदि अर्पण करे। वह्नि और ब्राह्मणको तृप्त करे। फिर सम्पूर्ण सामग्रीका एक-एक ग्रास भक्षण करे और शेषको त्याग दे। उसके बाद ब्राह्मणकी आज्ञा हो तब फिर भोजन करे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल प्रतिपदाको वर्षपर्यन्त व्रत और शिव-दर्शन करे तो सदैव आरोग्य रह सकता है।

(५) **विद्याव्रत** (विष्णुधर्मोत्तर)—चैत्र शुक्ल प्रतिपदाको एक वेदीपर अक्षतोंका अष्टदल बनाकर उसके मध्यमें ब्रह्मा, पूर्वमें ऋक्, दक्षिणमें यजुः, पश्चिममें साम, उत्तरमें अथर्व, अग्निकोणमें षट्शास्त्र, नैर्ऋत्यमें धर्मशास्त्र, वायव्यमें पुराण और ईशानमें न्यायशास्त्रको स्थापन करे तथा उन सबका नाम-मन्त्रसे आवाहनादि पूजन करके व्रत रखे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल प्रतिपदाको १२ महीने करके गोदान करे और फिर उसी प्रकार १२ वर्षतक यथावत् करता रहे तो वह महाविद्वान् बन सकता है।

(६) **नवरात्र** (नानाशास्त्र-पुराणादि)—ये चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघकी शुक्ल प्रतिपदासे नवमीतक नौ दिनके होते हैं; परंतु प्रसिद्धिमें चैत्र और आश्विनके नवरात्र ही मुख्य माने जाते हैं। इनमें भी देवीभक्त आश्विनके नवरात्र अधिक करते हैं। इनको यथाक्रम वासन्ती और शारदीय कहते हैं। इनका आरम्भ चैत्र और आश्विन शुक्ल प्रतिपदाको होता है। अतः यह प्रतिपदा 'सम्मुखी'[१] शुभ होती है। नवरात्रोंके आरम्भमें अमायुक्त[२] प्रतिपदा अच्छी नहीं। ......आरम्भमें घटस्थापनके समय यदि चित्रा और वैधृति[३] हों तो उनका त्याग कर देना चाहिये; क्योंकि चित्रामें धनका[४] और वैधृतिमें

१. 'प्रतिपत्सम्मुखी कार्या या भवेदापराह्णिकी॥' (स्कन्द)
२. 'अमायुक्ता न कर्तव्या प्रतिपत् पूजने मम।' (देवीभागवत)
३. 'प्रारभ्यं नवरात्रं स्याद्धित्वा चित्रां च वैधृतिम्।' (देवीभागवत)
४. 'वैधृतौ पुत्रनाशः स्याच्चित्रायां धननाशनम्।' (रुद्रयामल)

पुत्रका नाश होता है।''''घटस्थापनका समय 'प्रातःकाल[१]' है। अतः उस दिन चित्रा या वैधृति रात्रितक रहें (और रात्रिमें नवरात्रोंका स्थापन[२] या आरम्भ होता नहीं,) तो या तो वैधृत्यादिके आद्य[३] तीन अंश त्यागकर चौथे अंशमें करे या मध्याह्नके समय[४] (अभिजित् मुहूर्तमें) स्थापन करे। स्मरण रहे कि देवीका आवाहन[५], प्रवेशन, नित्यार्चन और विसर्जन—ये सब प्रातःकालमें शुभ होते हैं। अतः उचित समयका अनुपयोग न होने दे।''''स्त्री हो या पुरुष, सबको नवरात्र करना चाहिये। यदि कारणवश स्वयं न[६] कर सकें तो प्रतिनिधि (पति-पत्नी, ज्येष्ठ पुत्र, सहोदर या ब्राह्मण) द्वारा करायें।''''नवरात्र नौ रात्रि पूर्ण होनेसे पूर्ण होता है। इसलिये यदि इतना समय न मिले या सामर्थ्य न हो तो सात[७], पाँच, तीन या एक दिन व्रत करे और व्रतमें भी उपवास, अयाचित, नक्त या एकभुक्त—जो बन सके यथासामर्थ्य वही कर ले।'''''यदि नवरात्रोंमें घटस्थापन करनेके बाद सूतक[८] हो जाय तो कोई दोष नहीं, परंतु पहले हो जाय तो पूजनादि स्वयं

---

१. भास्करोदयमारभ्य यावत्तु दश नाडिकाः।
प्रातःकाल इति प्रोक्तः स्थापनारोपणादिषु॥ (विष्णुधर्म)

२. 'न च कुम्भाभिषेचनम्।' (रुद्रयामल)

३. 'त्याज्या अंशास्त्रयस्त्वाद्यास्तुरीयांशे तु पूजनम्।' (भविष्य)

४. सम्पूर्णा प्रतिपद्ध्येव चित्रायुक्ता यदा भवेत्।
वैधृत्या वापि युक्ता स्यात् तदा माध्यन्दिने रवौ॥
अभिजित्तु मुहूर्तं यत् तत्र स्थापनमिष्यते। (रुद्रयामल)

५. प्रातरावाहयेद् देवीं प्रातरेव प्रवेशयेत्।
प्रातः प्रातश्च सम्पूज्य प्रातरेव विसर्जयेत्॥ (देवीपुराण)

६. 'स्वयं वाप्यन्यतो वापि पूजयेत् पूजयीत वा।' (पूजापंकजभास्कर)

७. अथात्र नवरात्रं च सप्तपंचत्रिकादि वा।
एकभक्तेन नक्तेनायाचितोपोषितैः क्रमात्॥ (दीक्षित)

८. व्रतयज्ञविवाहेषु श्राद्धे होमेऽर्चने जपे।
प्रारब्धे सूतकं न स्यादनारब्धे तु सूतकम्॥ (विष्णु)

न करे।.....चैत्रके नवरात्रमें शक्तिकी उपासना[१] तो प्रसिद्ध ही है; साथ ही शक्तिधरकी उपासना भी की जाती है। उदाहरणार्थ एक ओर देवीभागवत, कालिकापुराण, मार्कण्डेयपुराण, नवार्णमन्त्रके पुरश्चरण और दुर्गापाठकी शतसहस्त्रायुतचण्डी आदि होते हैं तो दूसरी ओर श्रीमद्भागवत, अध्यात्म-रामायण, वाल्मीकीय रामायण, तुलसीकृत रामायण, राममन्त्र-पुरश्चरण, एक-तीन-पाँच-सात दिनकी या नवाह्निक अखण्ड रामनामध्वनि और रामलीला आदि किये जाते हैं। यही कारण है कि ये 'देवी-नवरात्र' और 'राम-नवरात्र' नामोंसे प्रसिद्ध हैं।.....नवरात्रका प्रयोग प्रारम्भ करनेके पहले सुगन्धयुक्त तैलके उद्वर्तनादिसे मंगलस्नान करके नित्यकर्म करे और स्थिर शान्तिके पवित्र स्थानमें शुभ मृत्तिकाकी वेदी बनाये। उसमें जौ और गेहूँ—इन दोनोंको मिलाकर बोये। वहीं सोने, चाँदी, ताँबे या मिट्टीके कलशको यथाविधि स्थापन करके गणेशादिका पूजन और पुण्याहवाचन करे और पीछे देवी (या देव)-के समीप शुभासनपर पूर्व (या उत्तर) मुख बैठकर '**मम महामायाभगवती (वा मायाधिपति भगवत्) प्रीतये (आयुर्बलवित्तारोग्यसमादरादिप्राप्तये वा) नवरात्रव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके मण्डलके मध्यमें रखे हुए कलशपर सोने, चाँदी, धातु, पाषाण, मृत्तिका या चित्रमय मूर्ति विराजमान करे और उसका आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, आचमन, ताम्बूल, नीराजन, पुष्पांजलि, नमस्कार और प्रार्थना आदि उपचारोंसे पूजन करे। इसके बाद यदि सामर्थ्य हो तो नौ दिनतक नौ (और यदि सामर्थ्य न हो तो सात, पाँच, तीन या एक) कन्याओंको देवी मानकर उनको गन्ध-पुष्पादिसे अर्चित करके भोजन कराये और फिर आप भोजन करे। व्रतीको चाहिये कि उन दिनोंमें भूशयन, मिताहार, ब्रह्मचर्यका पालन, क्षमा, दया,

---

* 'त्रिकालं पूजयेद् देवीं जपस्तोत्रपरायणः।' (देवीभागवत)

उदारता एवं उत्साहादिकी वृद्धि और क्रोध, लोभ, मोहादिका त्याग रखे। इस प्रकार नौ रात्रि व्यतीत होनेपर दसवें दिन प्रातःकालमें विसर्जन करे तो सब प्रकारके विपुल सुख-साधन सदैव प्रस्तुत रहते हैं और भगवान् (या भगवती) प्रसन्न होते हैं।

(७) पंचरात्र (भविष्यपुराण)—ये व्रत नवरात्रोंके अन्तर्गत किये जाते हैं। विशेषता यह है कि इनमें पंचमीको एकभुक्त व्रत करे, षष्ठीको नक्तव्रत रखे, सप्तमीको अयाचित भोजन करे, अष्टमीको अन्नवर्जित उपवास रखे और नवमीको पारण करे तो इससे देवीकी प्रसन्नता बढ़ती है।

(८) बालेन्दुव्रत (विष्णुधर्म)—यह चैत्र शुक्ल द्वितीयाको किया जाता है। इस दिन सूर्यास्तके समय शुद्ध जलसे स्नान करके चावलोंका बालेन्दु-मण्डल बनाये अथवा चन्द्रदर्शनके समय उसीमें बालेन्दु-मण्डलकी कल्पना करके आकाशस्थ चन्द्रमाका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। ईख, गुड़, अक्षत, सुपारी और सैन्धव अर्पण करे और '**बालचन्द्रमसे नमः**' इस मन्त्रसे आहुति देकर भोजन करे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल द्वितीयाको एक वर्षतक करनेसे सुख और भाग्यकी वृद्धि होती है। इसमें तैलपक्व पदार्थ खानेकी मनाही है।

(९) नेत्रव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—यह भी इसी द्वितीयाको किया जाता है। इसके लिये सूर्य-चन्द्रस्वरूप अश्विनीकुमारोंकी मूर्ति बनवाकर उनका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। ब्रह्मचर्यसे रहे। ब्राह्मणोंको सोने-चाँदीकी दक्षिणा दे और गौके दहीमें गौका घी मिलाकर भोजन करे। यह व्रत १२ वर्षतक किया जाता है और इसके करनेसे नेत्रोंकी ज्योति और मुख-मण्डलकी आभा बढ़ती है।

(१०) दोलनोत्सव (व्रतरत्न)—चैत्र शुक्ल तृतीयाको प्रातःकालके समय जानकीनाथ रामचन्द्रभगवान्‌का राजोपचार पूजन करके उनको पालनेमें विराजमान कर झुलाये और इसी प्रकार सुरेश्वर और रमापतिको दोलारूढ़ करके उनके दर्शन करे तो सब पाप दूर होते हैं।

(११) **गौरीतृतीया** (व्रतोत्सवसंग्रह)—यह भी इसी दिन (चैत्र शुक्ल तृतीयाको) किया जाता है। सौभाग्यवती स्त्रियाँ उस दिन प्रातः-स्नान करके उत्तम रंगीन वस्त्र (लाल धोती आदि) धारण करके शुद्ध स्थानमें २४ अंगुलकी सम-चौरस वेदी बनायें और उसपर केसर, चन्दन और कपूरसे मण्डल बनाकर उसमें सोने या चाँदीकी मूर्ति स्थापन करके अनेक प्रकारके फल, पुष्प, दूर्वा और गन्धादिसे पूजन करें। उसी जगह गौरी, उमा, लतिका, सुभगा, भगमालिनी, मनोन्मना, भवानी, कामदा, भोगवर्द्धिनी और अम्बिका—इनको भी गन्ध-पुष्पादिसे चर्चित और सुशोभित करे और भोजनमें केवल एक बार दूध पीये तो पति-पुत्रादिका अखण्ड सुख प्राप्त होता है।

(१२) **ईश्वर-गौरी** (व्रतोत्सव)—इसी दिन (चैत्र शुक्ल तृतीयाको) काष्ठादिकी पूर्वनिर्मित शिव-गौरीकी मूर्तियोंको स्नान कराके उत्तम प्रकारके वस्त्र और आभूषणादिसे भूषितकर पूजन करे और डोल, पालने या सिंहासनादिमें उनको सावधानीके साथ विराजमान करके सायंकालके समय विविध प्रकारके गाजे-बाजे, लवाजमे, सौभाग्यवती स्त्रियों और सत्पुरुषोंके समारोहके साथ उनको नगरसे बाहर किसी पुष्पोद्यान या सरोवरके तटपर स्थापित करे और वहाँ कुछ कालतक क्रीड़ा-कौतुकादिकी कला प्रदर्शन करानेके पीछे उनको उसी प्रकार वापस लाकर यथास्थान स्थापित कर दे। इस प्रकार प्रतिवर्ष करते रहनेसे नगर, ग्राम और उपबस्ती आदिमें सर्वत्र ही उद्योग, उत्साह, आरोग्यता और सर्वसौख्य बढ़ते हैं।

(१३) **गौरीविसर्जन** (व्रतोत्सव)—यह भी चैत्र शुक्ल तृतीयाको होता है। होलीके दूसरे दिन (चैत्र कृष्ण प्रतिपदा)-से जो कुमारी और विवाहिता बालिकाएँ प्रतिदिन गनगौर पूजती हैं, वे चैत्र शुक्ल द्वितीया (सिंजारे)-के दिन किसी नद, नदी, तालाब या सरोवरपर जाकर अपनी पूजी हुई गनगौरोंको पानी पिलाती हैं और दूसरे दिन सायंकालके समय

उनका विसर्जन कर देती हैं। यह व्रत विवाहिता लड़कियोंके लिये पतिका अनुराग उत्पन्न करानेवाला और कुमारिकाओंको उत्तम पति देनेवाला है।

(१४) श्रीव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—यह चैत्र शुक्ल पंचमीको किया जाता है। इसलिये तृतीयाको अभ्यंग-स्नान करके शुद्ध वस्त्र धारण करे। माला आदि भी सफेद ले और व्रतमें संलग्न रहे। घी, दही और भातका भोजन करे। चतुर्थीको स्नान करके व्रत रखे और पंचमीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् लक्ष्मीका पूजन करे। पूजनमें धान्य, हलदी, अदरख, गन्ने, गुड़ और लवण आदि अर्पण करके कमलके पुष्पोंका लक्ष्मीसूक्तसे हवन करे। यदि कमल न मिलें तो बेलके टुकड़ोंका और वे भी न हों तो केवल घीका हवन करे और पद्मिनी (कमलोंवाली तलाई)-में स्नान करके सुवर्णका दान करे तो 'श्री' (लक्ष्मी)-की प्राप्ति होती है।

(१५) लक्ष्मीव्रत (भविष्योत्तर)—यह भी इसी दिन (चैत्र शुक्ल पंचमीको) किया जाता है। इसमें लक्ष्मीका पूजन और व्रत करके सुवर्णके बने हुए कमलका दान करे तो सब प्रकारके दुःख दूर होते हैं।

(१६) सौभाग्यव्रत (भविष्योत्तर)—यह भी चैत्र शुक्ल पंचमीको होता है। इसमें पृथ्वीका, पंचमीका और चन्द्रमाका गन्धादिसे पूजन करके एक बार भोजन करे तो आयु और ऐश्वर्य दोनों बढ़ते हैं।

(१७) कुमारव्रत (कालोत्तर)—यह चैत्र शुक्ल षष्ठीको किया जाता है। उस दिन मयूरपर बैठे हुए स्वामिकार्तिककी सुवर्णके समान मूर्ति बनवाकर उसका पूजन करे। आचार्यको वस्त्र और सुवर्ण दे। उपवास रखे और सद्वैद्यकी सम्मतिके अनुसार ब्राह्मीका रस और घी पिये। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल पंचमीको एक वर्षपर्यन्त करनेसे महाबुद्धिमान् होता है। शास्त्रोंका आशय सहज ही समझमें आ सकता है और शास्त्रार्थमें स्फुरणाशक्तिका भलीभाँति विकास होता है।

(१८) मोदनव्रत (हेमाद्रि)—यह चैत्र शुक्ल सप्तमीको किया जाता

है। उस दिन प्रातःस्नानादि करके सूर्यनारायणका पूजन करे। ब्राह्मणोंको खीरका भोजन कराये और आप भी एक बार उसीका भोजन करे।

(१९) **नामसप्तमी** (भविष्यपुराण)—यह व्रत चैत्र शुक्ल सप्तमीसे वर्षपर्यन्त होता है और चैत्रादि १२ महीनोंमें सूर्यके १२ नामोंसे यथाक्रम पूजन किया जाता है। यथा—१ चैत्रमें धाता, २ वैशाखमें अर्यमा, ३ ज्येष्ठमें मित्र, ४ आषाढ़में वरुण, ५ श्रावणमें इन्द्र, ६ भाद्रपदमें विवस्वान्, ७ आश्विनमें पर्जन्य, ८ कार्तिकमें पूषा, ९ मार्गशीर्षमें अंशुमान्, १० पौषमें भग, ११ माघमें त्वष्टा और १२ फाल्गुनमें जिष्णु नामसे यथाविधि पूजन करके एकभुक्त व्रत करे तो आयु, आरोग्य और ऐश्वर्यकी अपूर्व वृद्धि होती है।

(२०) **सूर्यव्रत** (विष्णुधर्मोत्तर)—यह भी चैत्र शुक्ल सप्तमीको ही होता है। इसके लिये एकान्तके मकानको लीपकर या धोकर स्वच्छ करे और उसके मध्यमें वेदी बनाकर उसपर अष्टदल कमल लिखे और कमलके प्रत्येक दलमें निम्नलिखित मूर्ति स्थापित करे। यथा—पूर्वके दलपर दो ऋतुकारक 'गन्धर्व', आग्नेय पत्रपर दो ऋतुकारक 'गन्धर्व', दक्षिण दलपर दो 'अप्सराएँ', नैर्ऋत्यके दलपर दो 'राक्षस', पश्चिमके दलपर ऋतुकारक दो 'महानाग', वायव्यके दलपर दो 'यातुधान', उत्तरके दलपर दो 'ऋषि' और ईशानके दलपर एक 'ग्रह' स्थापन करके उन सबका यथाक्रम पृथक्-पृथक् गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यसे पंचोपचार पूजन करके सूर्यके निमित्त घीकी १०८ आहुतियाँ दे और अन्य सबके निमित्त आठ-आठ आहुतियाँ दे तथा प्रत्येकके निमित्त एक-एक ब्राह्मणको भोजन कराये। इस प्रकार शुक्ल पक्षकी प्रत्येक सप्तमीको एक वर्षतक करे तो उसको सूर्यलोककी प्राप्ति होती है।

(२१) **अशोककलिकाप्राशनव्रत** (कृत्यरत्नावली, कूर्मपुराण)—यह चैत्र शुक्ल अष्टमीको किया जाता है। उस दिन

प्रातःस्नानादि करनेके अनन्तर अशोक (आशापाला)-के वृक्षका पूजन करके उसके पुष्प अथवा कोमल पत्तोंकी आठ कलिकाएँ लेकर उनसे शिवजीका पूजन करे और '**त्वामशोक नमाम्येनं मधुमाससमुद्भवम्। शोकार्तः कलिकां प्राश्य मामशोकं सदा कुरु॥**' से आठ कलिकाएँ भक्षण करके व्रत करे तो वह शोकरहित रहता है। यदि उस दिन बुधवार हो या पुनर्वसु हो या दोनों हों तो व्रतीको किसी प्रकारका शोक नहीं होता।

(२२) भवानीव्रत (भविष्यपुराण)—चैत्र शुक्ल अष्टमीको भवानीका प्रादुर्भाव हुआ था, अतः उस दिन देवीका पूजन करके अपूप आदिका भोग लगाये और व्रत करे।

(२३) रामनवमी (विष्णुधर्मोत्तर)—इस व्रतकी चारों जयन्तियोंमें गणना है। यह चैत्र शुक्ल नवमीको किया जाता है। इसमें मध्याह्नव्यापिनी शुद्धा तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन मध्याह्नव्यापिनी हो या दोनों दिनोंमें ही न हो तो पहला व्रत करना चाहिये। इसमें अष्टमीका वेध हो तो निषेध[१] नहीं, दशमीका वेध वर्जित है।..... यह व्रत नित्य[२], नैमित्तिक और काम्य—तीन प्रकारका है। नित्य होनेसे इसे निष्काम भावना रखकर आजीवन किया जाय तो उसका अनन्त औरअमिट फल होता है और किसी निमित्त या कामनासे किया जाय तो उसका यथेच्छ फल मिलता है। भगवान् रामचन्द्रका जन्म[३] हुआ, उस समय चैत्र शुक्ल नवमी, गुरुवार,

---

१. अष्टम्या नवमी विद्धा कर्तव्या फलकांक्षिभिः।
न कुर्यान्नवमी तात दशम्या तु कदाचन॥ (दीक्षित)

२. नित्यं नैमित्तिकं काम्यं व्रतं वेति विचार्यते।
निष्कामानां विधानात्तु तत् काम्यं तावदिष्यते॥ (रामार्चन)

३. श्रीरामश्चैत्रमासे दिनदलसमये पुष्यभे कर्कलग्ने
जीवेन्दोः कीटराशौ मृगभगतकुजे ज्ञे झषे मेषगेऽर्के।
मन्दे जूकेऽङ्गनायां तमसि शफरिगे भार्गवेये नवम्यां
पंचोच्चे चावतीर्णो दशरथतनयः प्रादुरासीत् स्वयम्भूः॥ (रामचन्द्रजन्मपत्री)

पुष्य (या दूसरे मतसे पुनर्वसु), मध्याह्न और कर्क लग्न था। उत्सवके दिन ये सब तो सदैव आ नहीं सकते, परंतु जन्मर्क्ष कई बार आ जाता है; अतः वह हो तो उसे अवश्य लेना चाहिये।""जो मनुष्य रामनवमीका भक्ति और विश्वासके साथ व्रत करते हैं, उनको महान् फल मिलता है।""व्रतीको चाहिये कि व्रतके पहले दिन (चैत्र शुक्ल अष्टमीको) प्रातःस्नानादिसे निश्चिन्त होकर भगवान् रामचन्द्रका स्मरण करे। दूसरे दिन (चैत्र शुक्ल नवमीको) नित्यकृत्यसे अति शीघ्र निवृत्त होकर '**उपोष्य नवमी त्वद्य यामेष्वष्टसु राघव। तेन प्रीतो भव त्वं भो संसारात् त्राहि मां हरे॥**' इस मन्त्रसे भगवान्‌के प्रति व्रत करनेकी भावना प्रकट करे और '**मम भगवत्प्रीतिकामनया (वामुकफल-प्राप्तिकामनया) रामजयन्तीव्रतमहं करिष्ये**' यह संकल्प करके काम-क्रोध-लोभ-मोहादिसे वर्जित होकर व्रत करे।""तत्पश्चात् मन्दिर अथवा अपने मकानको ध्वजा-पताका, तोरण और बंदनवार आदिसे सुशोभित करके उसके उत्तर भागमें रंगीन कपड़ेका मण्डप बनाये और उसके अंदर सर्वतोभद्रमण्डलकी रचना करके उसके मध्यभागमें यथाविधि कलश-स्थापन करे। कलशके ऊपर रामपंचायतन (जिसके मध्यमें राम-सीता, दोनों पार्श्वोंमें भरत और शत्रुघ्न, पृष्ठ-प्रदेशमें लक्ष्मण और पादतलमें हनुमान्‌जी)-की सुवर्णनिर्मित मूर्ति स्थापन करके उसका आवाहनादि षोडशोपचार पूजन करे। व्रतराज, व्रतार्क, जयसिंहकल्पद्रुम और विष्णुपूजन आदिमें वैदिक और पौराणिक दोनों प्रकारकी पूजनविधि है। उसके अनुसार पूजन करे।""उस[१] दिन दिनभर

---

* चैत्रे मासि नवम्यां तु शुक्लपक्षे रघूत्तमः।
प्रादुरासीत् पुरा ब्रह्मन् परब्रह्मैव केवलम्॥
तस्मिन् दिने तु कर्तव्यमुपवासव्रतं सदा।
तत्र जागरणं कुर्याद् रघुनाथपरो भुवि॥
उपोषणं जागरणं पितॄनुद्दिश्य तर्पणम्।
तस्मिन् दिने तु कर्तव्यं ब्रह्मप्राप्तिमभीप्सुभिः॥ (रामार्चनचन्द्रिका)

भगवान्‌का भजन-स्मरण, स्तोत्रपाठ, दान-पुण्य, हवन, पितृश्राद्ध और उत्सव करे और रात्रिमें उत्तम प्रकारके गायन-वादन-नर्तन (रामलीला) और चरित्र-श्रवणादिके द्वारा जागरण करे तथा दूसरे दिन (दशमीको) पारण करके व्रतका विसर्जन करे। सामर्थ्य हो तो सुवर्णकी मूर्तिका दान और ब्राह्मण-भोजन कराये तथा इस प्रकार प्रतिवर्ष करता रहे।

(२४) **मातृकाव्रत** (विष्णुधर्म)—यह भी इसी दिन (चैत्र शुक्ल नवमीको) होता है। इसमें भैरव और चौंसठ योगिनियोंका सफेद रंगके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन किया जाता है।

(२५) **शुक्लैकादशी** (नानापुराणस्मृति)—इसको चैत्र शुक्ल एकादशीके दिन पूर्वोक्त प्रकारसे करना चाहिये। व्रतके पहले दिन (दशमीके मध्याह्नमें) जौ, गेहूँ और मूँग आदिका एक बार भोजन करके भगवान्‌का स्मरण करे। दूसरे दिन (एकादशीको) प्रातःस्नानादि करके '**ममाखिलपापक्षयपूर्वकपरमेश्वरप्रीतिकामनया कामदैकादशीव्रतं करिष्ये**' यह संकल्प करके रात्रिके समय भगवान्‌को दोलारूढ करे और उनके सम्मुख जागरण करे। फिर दूसरे दिन पारण करे तो सब प्रकारके पाप दूर होते हैं।......इसका कथासार यह है कि प्राचीन कालमें सुवर्ण और रत्नोंसे सुशोभित भोगिपुर नगरके पुण्डरीक राजाके ललित और ललिता नामके गन्धर्व-गन्धर्विणी गायन-विद्यामें बड़े प्रवीण थे। एक दिन राजाके बुलानेपर ललित कार्यवश नहीं आया, तब राजाने उसको राक्षस बना दिया। इसपर ललिता बहुत दुःखी हुई और ऋष्यशृंगकी आज्ञासे उसने कामदाका व्रत करके पतिको पूर्वरूपमें प्राप्त किया।

(२६) **मदनद्वादशी** (मत्स्यपुराण)—यह व्रत चैत्र शुक्ल द्वादशीको किया जाता है। उस दिन गुड़के जलसे स्नान करके एक वेदीपर चावलोंसे भरा हुआ कलश स्थापन करे और उसके ऊपर ताँबेके पात्रमें गुड़ और सुवर्णकी मूर्ति रखकर उसका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। साथ ही अनेक

प्रकारके फल, पुष्प, ईख और नैवेद्य अर्पण करे तथा उनमेंसे एक फल लेकर उसको भक्षण करे। इस प्रकार १३ महीने करे तो उसको पुत्र-शोक नहीं होता।

(२७) **मदनपूजा** (धर्मशास्त्रसमुच्चय)—यह व्रत चैत्र शुक्ल त्रयोदशीको किया जाता है। उस दिन स्नान करके उत्तम कपड़ेपर मदनदेवकी मनोमोहक मूर्ति अंकित करे और उसका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके घीसे बनाये हुए मोदकारी मोदकोंका '**नमो रामाय कामाय कामदेवस्य मूर्तये। ब्रह्मविष्णुशिवेन्द्राणां नमः क्षेमकराय वै॥**' से नैवेद्य अर्पण करे और रात्रिमें जागरण करके दूसरे दिन पारण करे तो पति-पुत्रादिका अखण्ड सुख होता है।

(२८) **प्रदोषव्रत** (व्रतविज्ञान)—यह अतिप्रशस्त सर्वाचरणीय श्रेष्ठ व्रत प्रत्येक मासकी शुक्ल और कृष्ण त्रयोदशीको किया जाता है। कृष्णका विधान पहले लिखा ही जा चुका है, उसीके अनुसार शुक्लका व्रत करना चाहिये। विशेषता यह है कि संतानके लिये 'शनिप्रदोष', ऋणमोचनके लिये 'भौमप्रदोष' और शान्तिरक्षाके लिये 'सोमप्रदोष' अधिक फलदायी हैं। इनके सिवा आयु और आरोग्यकी वृद्धिके लिये 'अर्कप्रदोष' उत्तम होता है। व्रतीको चाहिये कि उस दिन सूर्यास्तके समय पुनः स्नान करके शिवजीका पूजन करे और '**भवाय भवनाशाय महादेवाय धीमते। रुद्राय नीलकण्ठाय शर्वाय शशिमौलिने॥ उग्रायोग्राघनाशाय भीमाय भयहारिणे। ईशानाय नमस्तुभ्यं पशूनां पतये नमः॥**' से प्रार्थना करके भोजन करे।

(२९) **चैत्री पूर्णिमा** (पुराणसमुच्चय)—प्रत्येक मासकी पूर्णिमाको पूर्ण चन्द्रमाका और तत्प्रकाशक सूर्यका तथा विष्णुरूप सत्यनारायणका व्रत किया जाता है। यह पूर्णिमा चन्द्रोदयव्यापिनी ली जाती है। इसमें देवपूजन, दान-पुण्य, तीर्थ-स्नान और पुराण-श्रवणादि करनेसे पूर्ण फल मिलता है।

यदि इस दिन चित्रा हो तो विचित्र वस्त्रोंका दान करनेसे सौभाग्यकी वृद्धि होती है।

(३०) **तिथीशपूजन** (धर्मानुसंधान)—यह व्रत प्रतिपदादि प्रत्येक तिथिके स्वामीका पूजन करनेसे सम्पन्न होता है। विधान यह है कि प्रातः-स्नानादिके पीछे वेदी या चौकीपर रक्त वस्त्र बिछाकर उसपर अक्षतोंका अष्टदल बनाये। उसके मध्यमें जिस दिन जो तिथि हो, उसके स्वामीकी सुवर्णमयी मूर्तिका पूजन करे। तिथियोंके स्वामी क्रमशः प्रतिपदाके 'अग्निदेव', द्वितीयाके 'ब्रह्मा', तृतीयाकी 'गौरी', चतुर्थीके 'गणेश', पंचमीके 'सर्प', षष्ठीके 'स्वामिकार्तिक', सप्तमीके 'सूर्य', अष्टमीके 'शिव' (भैरव), नवमीकी 'दुर्गा', दशमीके 'अन्तक' (यमराज), एकादशीके 'विश्वेदेवा', द्वादशीके 'हरि' (विष्णु), त्रयोदशीके 'कामदेव', चतुर्दशीके 'शिव', पूर्णिमाके 'चन्द्रमा' और अमाके 'पितर' हैं। इनका व्रत और पूजन प्रतिदिन करते रहनेसे हर्ष, उत्साह और आरोग्यकी वृद्धि होती है।

(३१) **हनुमद्व्रत** (उत्सवसिन्धु-व्रतरत्नाकर)—यह व्रत हनुमान्‌जीकी जन्मतिथिका है। जिन पंचांगोंके आधारसे व्रतोंका निर्णय किया जाता है, उनमें हनुमान्‌जीकी जन्मतिथि किसीमें कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी और किसीमें चैत्र शुक्ल पूर्णिमा है। किसी भी देवताकी अधिकृति या जन्मतिथि एक होती है, परंतु हनुमान्‌जीकी दो मानते हैं। यह विशेषता है। इस विषयके ग्रन्थोंमें इन दोनोंके उल्लेख अवश्य हैं, परंतु आशयोंमें भिन्नता है। पहला 'जन्मदिन' है और दूसरा 'विजयाभिनन्दन' का महोत्सव। ......'उत्सवसिन्धु'* में लिखा है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी, भौमवारको स्वाती नक्षत्र और मेषलग्नमें अंजनीके गर्भसे हनुमान्‌जीके रूपमें स्वयं शिवजी उत्पन्न हुए थे।

---

* ऊर्जस्य चासिते पक्षे स्वात्यां भौमे कपीश्वरः।
मेषलग्नेऽञ्जनीगर्भाच्छिवः प्रादुरभूत् स्वयम्॥ (उत्सवसिन्धु)

'व्रतरत्नाकर'[१] में भी यही है कि कार्तिक कृष्णकी भूततिथि (चतुर्दशी)-को मंगलवारके दिन महानिशामें अंजनादेवीने हनुमान्‌जीको जन्म दिया था। दूसरे वाक्यकी अपेक्षा पहलेमें स्वाती नक्षत्र और मेषलग्न विशेष है। परंतु कार्तिकीको कृत्तिका होनेसे कृष्ण चतुर्दशीको चित्रा या स्वातीका होना असम्भव नहीं। ......इनके विपरीत 'हनुमदुपासनाकल्पद्रुम'[२] नामक ग्रन्थमें, जो एक महाविद्वान्‌का संकलन किया हुआ है, चैत्र शुक्ल पूर्णिमा, मंगलवारके दिन मूँजकी मेखलासे युक्त, कौपीनसे संयुक्त और यज्ञोपवीतसे भूषित हनुमान्‌जीका उत्पन्न होना लिखा है। साथमें यह विशेष लिखा है कि 'कैकेयीके हाथसे[३] चील्हके द्वारा आयी हुई यज्ञकी खीर खानेसे अंजनाके हनुमान्‌जी उत्पन्न हुए। अस्तु।' ......रामचरित्रके अन्वेषणमें वाल्मीकीय रामायण अधिक मान्य है। उसमें हनुमान्‌जीकी जन्मकथा (किष्किन्धाकाण्ड सर्ग ६६ और उत्तरकाण्ड सर्ग ३५ में) पूर्णरूपसे लिखी गयी है। उससे ज्ञात होता है कि अंजनीके उदरसे हनुमान्‌जी उत्पन्न हुए। भूखे होनेसे ये आकाशमें उछल गये और उदय होते हुए सूर्यको फल समझकर उनके समीप चले गये। उस दिन पर्वतिथि (अमावास्या) होनेसे सूर्यको ग्रसनेके

---

१. कार्तिकस्यासिते पक्षे भूतायां च महानिशि।
भौमवारेऽञ्जना देवी हनुमन्तमजीजनत्॥ (व्रतरत्नाकर)

२. चैत्रे मासि सिते पक्षे पौर्णमास्यां कुजेऽहनि।
मौंजीमेखलया युक्तः कौपीनपरिधारकः॥ (ह० क०)

३. कैकेयीहस्ततः पिण्डं जहार चिल्हिपक्षिणी।
गच्छन्त्याकाशमार्गेण तदा वायुर्महानभूत्॥
तुण्डात् प्रगलिते पिण्डे वायुर्नीत्वांजनांजलौ।
क्षिप्तवान् स्थापितं पिण्डं भक्षयामास तत्क्षणात्॥
नवमासगते पुत्रं सुषुवे सांजना शुभम्।
(हनुमदुपासनाकल्पद्रुम; आनन्द रा० सारकां०)

लिये राहु[1] आया था। परंतु वह इनको दूसरा राहु मानकर भागने लगा, तब इन्द्रने अंजनीपुत्रपर वज्रका प्रहार किया, उससे उनकी ठोडी टेढ़ी हो गयी। इसीसे ये हनुमान् कहलाये। इस अंशमें चैत्र या कार्तिकका नाम नहीं है। सम्भव है कल्पभेद या भ्रान्तिवश अन्य ग्रन्थोंमें चैत्र लिखा गया हो। ''''हनुमान्‌जीका एक जन्मपत्र भी है, उसमें तिथि चतुर्दशी, वार मंगल, नक्षत्र चित्रा और मास अनिर्दिष्ट है। कुण्डलीमें सूर्य, मंगल, गुरु, भृगु और शनि—ये उच्चके हैं और ये ४, १, ७, ३ और १० इन स्थानोंमें यथाक्रम बैठे हैं। इन सबके देखनेसे यह तथ्य निकलता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशीकी रात्रिमें हनुमान्‌जीका जन्म हुआ था और चैत्र शुक्ल पूर्णिमाको सीताकी खोज, राक्षसोंके उपमर्दन, लंकाके दहन और समुद्रके उल्लंघन आदिमें हनुमान्‌जीके विजयी होने और निरापद वापस लौटनेके उपलक्ष्यमें हर्षोन्मत्त वानरोंने मधुवनमें हर्ष मनाया था और उससे सभी नर-वानर सुखी हुए थे। इस कारण उक्त दोनों दिनोंमें व्रत और उत्सव किया जाय तो '**अधिकस्याधिकं फलम्**' तो होगा ही। '''''इस व्रतमें तात्कालिक (रात्रिव्यापिनी) तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन हो तो दूसरा व्रत करना चाहिये। व्रतीका कर्तव्य है कि वह हनुमज्जन्मदिनके व्रत-निमित्त धनत्रयोदशी (का० कृ० १३)-की रात्रिमें राम-जानकी और हनुमान्‌जीका स्मरण करके पृथ्वीपर शयन करे तथा रूपचतुर्दशी (का० कृ० १४)-को अरुणोदयसे पहले उठकर राम-जानकी और हनुमान्‌जीका पुनः स्मरण करके प्रातःस्नानादिसे जल्दी निवृत्त हो ले। तत्पश्चात् हाथमें जल लेकर—'**ममाखिलानिष्टनिरसन-**

---

* यमेव दिवसं ह्येष ग्रहीतुं भास्करं प्लुतः।
तमेव दिवसं राहुर्जिघृक्षति दिवाकरम्॥
अद्याहं पर्वकाले तु जिघृक्षुः सूर्यमागतः।
अथान्यो राहुरासाद्य जग्राह सहसा रविम्॥ (वाल्मीकीय रामायण)

पूर्वकसकलाभीष्टसिद्धये तेजोबलबुद्धिविद्याधनधान्यसमृद्ध्यायुरारोग्यादिवृद्धये च हनुमद्व्रतं तदंगीभूतपूजनं च करिष्ये।' यह संकल्प करके हनुमान्‌जीकी पूर्वप्रतिष्ठित प्रतिमाके समीप पूर्व या उत्तरमुख बैठकर अति नम्रताके साथ '**अतुलितबलधामं स्वर्णशैलाभदेहं दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्। सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं रघुपतिवरदूतं वातजातं नमामि॥**' से प्रार्थना करे और फिर उनका यथाविधान षोडशोपचार पूजन करे। स्नानमें समीप हो तो नदीका और न हो तो श्रीजल मिला हुआ कूपोदक, वस्त्रोंमें लाल कौपीन और पीताम्बर, गन्धमें केसर मिला हुआ चन्दन, मूँजका यज्ञोपवीत, पुष्पोंमें शतपत्र (हजारा), केतकी, कनेर और अन्य पीले पुष्प, धूपमें अगर-तगरादि, दीपकमें गोघृतपूर्ण बत्ती और नैवेद्यमें घृतपक्व अपूप (पूआ) अथवा आटेको घीमें सेंककर गुड़ मिलाये हुए मोदक और केला आदि फल अर्पण करे तथा नीराजन, नमस्कार, पुष्पांजलि और प्रदक्षिणाके बाद '**मनोजवं मारुततुल्यवेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शिरसा नमामि॥**' से प्रार्थना करके प्रसाद वितरण करे और सामर्थ्य हो तो ब्राह्मणभोजन कराकर स्वयं भोजन करे। रात्रिके समय दीपावली, स्तोत्रपाठ, गायन-वादन या संकीर्तनसे जागरण करे।......यदि किसी कार्य-सिद्धिके लिये व्रत करना हो तो मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशीको प्रातःस्नानादि करके एक वेदीपर अक्षत-पुंजसे १३ कमल बनाये। उनपर जलपूर्ण पूजित कलश स्थापन करके उसके ऊपर लगाये हुए पीले वस्त्रपर १३ कमलोंमें १३ गाँठ लगा हुआ नौ सूतका पीला डोरा रखे। फिर वेदीका पूजन करके उपर्युक्त विधिसे अथवा पद्धतिके क्रमसे हनुमान्‌जीका पूजन और जप, ध्यान, उपासना आदि करे तथा ब्राह्मणभोजनादिके पीछे स्वयं भोजन कर व्रतको पूर्ण करे तो सम्पूर्ण अभीष्ट सिद्ध होते हैं।......कथा-सार यह है कि सूर्यके वरसे सुवर्णके बने हुए सुमेरुमें केसरीका राज्य था। उसके अति सुन्दरी अंजना नामकी स्त्री थी। एक बार उसने शुचिस्नान करके सुन्दर वस्त्राभूषण धारण

किये। उस समय पवनदेवने उसके कर्णरन्ध्रमें प्रवेशकर आते समय आश्वासन दिया कि तेरे सूर्य, अग्नि एवं सुवर्णके समान तेजस्वी, वेद-वेदांगोंका मर्मज्ञ, विश्ववन्द्य महाबली पुत्र होगा। ……ऐसा ही हुआ। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशीकी महानिशामें अंजनाके उदरसे हनुमान्‌जी उत्पन्न हुए। दो प्रहर बाद सूर्योदय होते ही उन्हें भूख लगी। माता फल लाने गयी, इधर वनके वृक्षोंमें लाल वर्णके बालक सूर्यको फल मानकर हनुमान्‌जी उसको लेनेके लिये आकाशमें उछल गये। उस दिन अमा होनेसे सूर्यको ग्रसनेके लिये राहु आया था, किंतु इनको दूसरा राहु मानकर भाग गया। तब इन्द्रने हनुमान्‌जीपर वज्र-प्रहार किया। उससे इनकी ठोडी टेढ़ी हो गयी, जिससे ये हनुमान् कहलाये। इन्द्रकी इस धृष्टताका दण्ड देनेके लिये इन्होंने प्राणिमात्रका वायुसंचार रोक दिया। तब ब्रह्मादि सभी देवोंने अलग-अलग इन्हें वर दिये। ब्रह्माजीने अमितायुका, इन्द्रने वज्रसे हत न होनेका, सूर्यने अपने शतांश तेजसे युक्त और सम्पूर्ण शास्त्रोंके विशेषज्ञ होनेका, वरुणने पाश और जलसे अभय रहनेका, यमने यमदण्डसे अवध्य और पाशसे नाश न होनेका, कुबेरने शत्रुमर्दिनी गदासे निःशंक रहनेका, शंकरने प्रमत्त और अजेय योद्धाओंसे जय प्राप्त करनेका और विश्वकर्माने मयके बनाये हुए सभी प्रकारके दुर्बोध्य और असह्य, अस्त्र, शस्त्र तथा यन्त्रादिसे कुछ भी क्षति न होनेका वर दिया। ……इस प्रकारके वरोंके प्रभावसे आगे जाकर हनुमान्‌जीने अमित पराक्रमके जो काम किये, वे सब हनुमान्‌जीके भक्तोंमें प्रसिद्ध हैं और जो अश्रुत या अज्ञात हैं, वे अनेक प्रकारकी रामायणों, पद्म, स्कन्द और वायु आदि पुराणों एवं उपासना-विषयके अगणित ग्रन्थोंसे ज्ञात हो सकते हैं। ऐसे विश्ववन्द्य महाबली और श्रीरामचन्द्रके अनन्य भक्त हनुमान्‌जीके जप, ध्यान, उपासना, व्रत और उत्सव आदि करनेसे सब प्रकारके संकट दूर होते हैं। देवदुर्लभ पद, सम्मान और सुख प्राप्त होते हैं तथा राम-जानकी और हनुमान्‌जीके प्रसन्न होनेसे उपासकका कल्याण होता है। एवमस्तु।

वैशाखके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) **वैशाखस्नान**—चैत्र शुक्ल पूर्णिमासे वैशाख शुक्ल पूर्णिमातक प्रतिदिन प्रातःकाल सूर्योदयसे पूर्व किसी तीर्थस्थान नदी या कुआँ, बावली, सरोवर अथवा अपने घरपर ही शुद्ध जलसे स्नान करे और नित्यकृत्यके अतिरिक्त '**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय**' या '**हरे राम हरे राम०**' मन्त्रका यथाशक्ति जप करके एक बार भोजन करे। इकतीस दिनतक ऐसा क्रम रखनेसे अनेक प्रकारके रोग और दोष दूर होते हैं एवं प्रभाव तथा पुण्य बढ़ता है।

(२) **संकष्टचतुर्थी**—यह व्रत प्रत्येक महीनेकी कृष्ण चतुर्थीको किया जाता है। इसमें चन्द्रोदयतक रहनेवाली चतुर्थी ग्रहण की जाती है। यदि दो दिन ऐसी चतुर्थी हो तो '**मातृविद्धा प्रशस्यते**' के अनुसार तृतीयासे युक्त व्रत करना चाहिये। उस दिन सायंकालके समय स्नान करके गणेशजीका पूजन करे और चन्द्रोदय होनेपर उन्हें अर्घ्य दे।

(३) **चण्डिकानवमी**—यह व्रत वैशाखके दोनों पक्षोंमें नवमीको किया जाता है। उस दिन प्रातःस्नानके पश्चात् लाल धोती पहनकर सुगन्धयुक्त पुष्पादिसे चण्डिका देवीका पूजन करे और पुष्पांजलि अर्पण कर उपवास रखे। इस व्रतका सविधि अनुष्ठान करनेवाला मनुष्य हंस, कुन्द और चन्द्रमाके समान गौरवर्ण एवं ध्रुवके समान तेजस्वी दिव्य स्वरूप धारणकर उत्तम विमानपर आरूढ़ हो देवलोकमें आदर पाता है।*

(४) **कृष्णैकादशी**—वैशाख कृष्णकी एकादशीका नाम वरूथिनी

---

* हंसकुन्देन्दुसंकाशस्तेजसा ध्रुवसंनिभः।
विमानवरमारूढो देवलोके महीयते॥ (निर्णयामृते भविष्योत्तरे)

है। इसका व्रत करनेसे सब प्रकारके पाप-ताप दूर होते हैं, अनन्त शान्ति मिलती है और स्वर्गादि उत्तम लोक प्राप्त होते हैं। व्रतीको चाहिये कि वह दशमीको हविष्यान्नका एक बार भोजन करे। कांस्यपात्र[1], मांस और मसूरादि ग्रहण न करे। फिर एकादशीको उपवास करे, उस दिन जूआ[2] और निद्रा आदिका त्याग रखे। रात्रिमें भगवन्नाम-स्मरणपूर्वक जागरण करे और द्वादशीको मांस[3]-कांस्यादिका परित्याग करके यथाविहित पारणा करे। (वास्तवमें द्यूतक्रीड़ा आदिका तथा मांस आदिका सदा ही त्याग करना चाहिये)।

(५) **प्रदोषव्रत**—यह सुप्रसिद्ध व्रत है। प्रत्येक मासकी कृष्ण-शुक्ल त्रयोदशीको किया जाता है। इसका विशेष विवरण वैशाख शुक्लमें देखिये। व्रतीको चाहिये कि वह व्रतके दिन सूर्यास्तके समय पुनः स्नान करके शिवजीके समीप बैठकर उनका भक्तिसहित पूजन करे और सूर्यास्तसे दो या तीन घड़ी रात्रि व्यतीत होनेसे पहले ही भोजन करके शिवका स्मरण करे।

(६) **अमाव्रत**—अमावास्या पर्वतिथि है। इसमें दान, पुण्य, जप, तप और व्रत करनेसे बहुत फल होता है। विशेषरूपसे इस तिथिको श्राद्ध करनेसे पितृगण प्रसन्न होते हैं।

शुक्लपक्ष

(१) **अक्षयतृतीया**—वैशाख शुक्ल तृतीयाको अक्षयतृतीया कहते हैं। यह सनातनधर्मियोंका प्रधान त्यौहार है। इस दिन दिये हुए

---

१. कांस्यं मांसं मसूरान्नं चणकं कोद्रवांस्तथा।
शाकं मधु परान्नं च पुनर्भोजनमैथुने।
वैष्णवो व्रतकर्ता च दशम्यां दश वर्जयेत्॥

२. द्यूतक्रीडां च निद्रां च ताम्बूलं दन्तधावनम्।
परापवादपैशुन्यं स्तेयं हिंसां तथा रतिम्।
क्रोधं चानृतवाक्यं च एकादश्यां विवर्जयेत्॥

३. मांसादिकं च पूर्वोक्तं द्वादश्यामपि वर्जयेत्। (भविष्योत्तरपुराणे)

दान और किये हुए स्नान, होम, जप आदि सभी कर्मोंका फल अनन्त[1] होता है—सभी अक्षय हो जाते हैं; इसीसे इसका नाम अक्षया[2] हुआ है। इसी तिथिको नर-नारायण, परशुराम और हयग्रीव-अवतार हुए थे; इसलिये इस दिन उनकी जयन्ती मनायी जाती है तथा इसी दिन त्रेतायुग भी आरम्भ हुआ था। अतएव इसे मध्याह्नव्यापिनी ग्रहण करना चाहिये। परंतु परशुरामजी प्रदोषकालमें प्रकट हुए थे; इसलिये यदि द्वितीयाको मध्याह्नसे पहले तृतीया आ जाय तो उस दिन अक्षयतृतीया, नर-नारायण-जयन्ती, परशुराम-जयन्ती और हयग्रीव-जयन्ती सब सम्पन्न की जा सकती हैं और यदि द्वितीया अधिक हो तो परशुराम-जयन्ती दूसरे दिन होती है। यदि इस दिन गौरीव्रत भी हो तो '**गौरी विनायकोपेता**' के अनुसार गौरीपुत्र गणेशकी तिथि चतुर्थीका सहयोग अधिक शुभ होता है। अक्षयतृतीया बड़ी पवित्र और महान् फल देनेवाली तिथि है। इसलिये इस दिन सफलताकी आशासे व्रतोत्सवादिके अतिरिक्त वस्त्र, शस्त्र और आभूषणादि बनवाये अथवा धारण किये जाते हैं तथा नवीन स्थान, संस्था एवं समाज आदिका स्थापन या उद्घाटन भी किया जाता है। ज्योतिषीलोग आगामी वर्षकी तेजी-मंदी जाननेके लिये इस दिन सब प्रकारके अन्न, वस्त्र आदि व्यावहारिक वस्तुओं और व्यक्तिविशेषोंके नामोंको तौलकर एक सुपूजित स्थानमें रखते हैं और दूसरे दिन फिर तौलकर उनकी न्यूनाधिकतासे भविष्यका शुभाशुभ मालूम करते हैं। अक्षयतृतीयामें तृतीया तिथि, सोमवार और रोहिणी नक्षत्र ये तीनों हों तो बहुत श्रेष्ठ माना जाता है। किसानलोग उस दिन चन्द्रमाके अस्त होते समय रोहिणीका आगे जाना अच्छा और पीछे रह जाना बुरा मानते हैं।

---

१. स्नात्वा हुत्वा च दत्त्वा च जप्त्वानन्तफलं लभेत्। (भारते)

२. यत्किंचिद् दीयते दानं स्वल्पं वा यदि वा बहु।
तत् सर्वमक्षयं यस्मात् तेनेयमक्षया स्मृता॥ (भविष्ये)

अक्षयतृतीयाव्रत—इस दिन उपर्युक्त तीनों जयन्तियाँ एकत्र होनेसे व्रतीको चाहिये कि वह प्रातःस्नानादिसे निवृत्त होकर '**ममाखिलपापक्षयपूर्वकसकलशुभफलप्राप्तये भगवत्प्रीतिकामनया देवत्रयपूजनमहं करिष्ये**' ऐसा संकल्प करके भगवान्‌का यथाविधि षोडशोपचारसे पूजन[१] करे। उन्हें पंचामृतसे स्नान करावे, सुगन्धित पुष्पमाला पहनावे और नैवेद्यमें नर-नारायणके निमित्त सेके हुए जौ या गेहूँका 'सत्तू', परशुरामके निमित्त कोमल ककड़ी और हयग्रीवके निमित्त भीगी हुई चनेकी दाल अर्पण करे। बन सके तो उपवास तथा समुद्रस्नान[२] या गंगास्नान करे और जौ[३], गेहूँ, चने, सत्तू, दही-चावल ईखके रस और दूधके बने हुए खाद्य पदार्थ (खाँड़, मावा, मिठाई आदि) तथा सुवर्ण एवं जलपूर्ण कलश, धर्मघट, अन्न[४], सब प्रकारके रस और ग्रीष्म-ॠतुके उपयोगी वस्तुओंका दान करे तथा पितृश्राद्ध करे और ब्राह्मणभोजन भी करावे। यह सब यथाशक्ति करनेसे अनन्त फल होता है।

परशुराम-जयन्ती—परशुरामजीका जन्म वैशाख शुक्ल तृतीयाको रात्रिके प्रथम प्रहरमें हुआ था, अतः यह प्रदोषव्यापिनी ग्राह्य होती है। यदि दो दिन प्रदोषव्यापिनी हो तो दूसरा व्रत करना चाहिये।

---

१. यः पश्यति तृतीयायां कृष्णं चन्दनभूषितम्।
वैशाखस्य सिते पक्षे स यात्यच्युतमन्दिरम्॥ (विष्णुधर्मोत्तरे)

२. युगादौ तु नरः स्नात्वा विधिवल्लवणोदधौ।
गोसहस्रप्रदानस्य फलं प्राप्नोति मानवः॥ (पृथ्वीचन्द्रोदये सौरपुराणे)

३. यवगोधूमचणकान् सक्तु दध्योदनं तथा।
इक्षुक्षीरविकारांश्च हिरण्यं च स्वशक्तितः॥
उदकुम्भान् सकरकान् सन्नान् सर्वरसैः सह।
ग्रैष्मिकं सर्वमेवात्र सस्यं दाने प्रशस्यते॥ (भविष्योत्तरे)

४. गन्धोदकतिलैर्मिश्रं सान्नं कुम्भं फलान्वितम्।
पितृभ्यः सम्प्रदास्यामि अक्षय्यमुपतिष्ठतु॥ (वि० ध०)

व्रतके दिन प्रातः-स्नानके अनन्तर '**मम ब्रह्मत्वप्राप्तिकामनया परशुरामपूजनमहं करिष्ये**' यह संकल्प करके सूर्यास्ततक मौन रखे और सायंकालमें पुनः स्नान करके परशुरामजीका पूजन करे तथा '**जमदग्निसुतो वीर क्षत्रियान्तकर प्रभो। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं कृपया परमेश्वर॥**' इस मन्त्रसे अर्घ्य देकर रात्रिभर राममन्त्रका जप करे।

गौरीपूजा—यह भी वैशाख शुक्ल तृतीयाको ही की जाती है। इस दिन पार्वतीका प्रीतिपूर्वक पूजन करके धातु या मिट्टीके कलशमें जल, फल, पुष्प, गन्ध, तिल और अन्न भरकर '**एष धर्मघटो दत्तो ब्रह्मविष्णुशिवात्मकः। अस्य प्रदानात्सकला मम सन्तु मनोरथाः॥**' यह उच्चारण करके उसे दान करे।

(२) पुत्र-प्राप्तिव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—यह व्रत वैशाख शुक्ल पंचमीसे प्रारम्भ होकर वर्षभरमें पूर्ण होता है। आरम्भमें पंचमीको उपवास करके षष्ठीको स्कन्द-कुमार-विशाख और गुहका पूजन करे, इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल पंचमी और षष्ठीको वर्षपर्यन्त करता रहे तो पुत्रार्थीको पुत्र, धनार्थीको धन और स्वर्गार्थीको स्वर्ग प्राप्त होता है। यह शिवजीका बतलाया हुआ व्रत है।

(३) निम्बसप्तमी (भविष्योत्तर)—वैशाख शुक्ल सप्तमीको स्नानादि नित्यकर्म करके अक्रोध और जितेन्द्रिय रहकर नीमके पत्ते ग्रहण करे और '**निम्बपल्लव भद्रं ते सुभद्रं तेऽस्तु वै सदा। ममापि कुरु भद्रं वै प्राशनाद् रोगहा भव॥**' इस मन्त्रसे एक-एक पत्ता खाकर पृथ्वीपर शयन करे तथा अष्टमीको सूर्यनारायणका पूजन करके ब्राह्मणोंको भोजन करावे। उसके बाद स्वयं भोजन करे।

(४) कमलसप्तमी (पद्मपुराण)—इस व्रतके लिये सुवर्णका कमल और सूर्यकी मूर्ति बनवाकर वैशाख शुक्ल सप्तमीको वेदीपर कमल और कमलपर सूर्यकी मूर्ति स्थापित करे एवं

उनका यथाविधि पूजन करके '**नमस्ते पद्महस्ताय नमस्ते विश्वधारिणे। दिवाकर नमस्तुभ्यं प्रभाकर नमोऽस्तु ते॥**' इस श्लोकसे प्रार्थना करके सूर्यास्तके समय एक जलका घड़ा, एक गौ और उक्त कमलादि ब्राह्मणोंको दान करे तथा दूसरे दिन उनको भोजन कराकर स्वयं भोजन करे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल सप्तमीको एक वर्ष करे तो सब प्रकारका सुख प्राप्त होता है।

(५) **शर्करासप्तमी** (पद्मपुराण)—यह भी वैशाख शुक्ल सप्तमीको ही होता है। इसके लिये उक्त सप्तमीको सफेद तिलोंके जलसे स्नान करके सफेद वस्त्र धारण करे। एक वेदीपर कुंकुमसे अष्टदल लिखकर '**ॐ नमः सवित्रे**' इस मन्त्रसे उसका पूजन करे। फिर उसपर खाँड़से भरा हुआ और सफेद वस्त्रसे ढँका हुआ सुवर्णयुक्त कोरा कलश स्थापित करके '**विश्वदेवमयो यस्माद्वेदवादीति पठ्यसे। त्वमेवामृतसर्वस्वमतः पाहि सनातन॥**' (पद्मपुराण)—इस मन्त्रसे यथाविधि पूजन करे और दूसरे दिन ब्राह्मणोंको घृत और शर्करामिश्रित खीरका भोजन कराकर वह घड़ा दान करे। इससे आयु, आरोग्य और ऐश्वर्यकी वृद्धि होती है।

(६) **वैशाखी अष्टमी** (निर्णयामृत)—इसके निमित्त वैशाख शुक्ल अष्टमीको आमके रससे स्नान करके अपराजिता देवीको उशीर और जटामासीके जलसे स्नान करावे। फिर पंचगन्ध* (जायफल, पूगफल, कपूर, कंकोल और लौंग)-का लेपन करे और गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके घी, शक्कर तथा खीरका भोग लगावे। स्वयं उपवास करे और दूसरे दिन नवमीको ब्राह्मण-भोजन कराकर भोजन करे तो समस्त तीर्थोंमें स्नान करनेके समान फल होता है।

(७) **श्रीजानकी-नवमी**—वैष्णवोंके मतानुसार वैशाख शुक्ल

---

* कंकोलपूगकर्पूरं जातीफललवंगके।
सुगन्धपंचकं प्रोक्तमायुर्वेदप्रकाशके॥ (देवीपुराणे)

नवमीको भगवती जानकीका प्रादुर्भाव हुआ था। अतएव इस दिन व्रत रहकर उनका जन्मोत्सव तथा पूजन करना चाहिये। **पुष्यान्वितायां तु कुजे नवम्यां श्रीमाधवे मासि सिते हलाग्रतः। भुवोऽर्चयित्वा जनकेन कर्षणे सीताविरासीद् व्रतमत्र कुर्यात्॥** (वै० मता० भा० ७९)

(८) वैशाखशुक्लैकादशी (कूर्मपुराण)—इस व्रतके नियम-विधान और निर्णय कृष्ण एकादशीकी भाँति हैं। इसका नाम मोहिनी है। इससे मोहजाल और पापसमूह दूर होते हैं। भगवान् श्रीरामचन्द्रजीने इस व्रतको सीताजीकी खोज करते समय किया था। उनके पीछे कौण्डिन्यके कहनेसे धृष्टबुद्धिने और श्रीकृष्णके कहनेसे युधिष्ठिरादिने किया। इस समय भी सनातनधर्मावलम्बी इस व्रतको बड़ी श्रद्धासे करते हैं। इसकी एक कथा है, उससे ज्ञात होता है कि मनुष्यका किस प्रकार कुसंगसे पतन और सुसंगसे सुधार हो जाता है। प्राचीन कालमें सरस्वतीके तटवर्ती भद्रावती नगरीमें द्युतिमान् राजाके १ सुमन, २ सुद्युम्न, ३ मेधावी, ४ कृष्णाती और ५ धृष्टबुद्धि—ये पाँच पुत्र हुए थे। इनमें धृष्टबुद्धिका वेश्या आदिके कुसंगसे पतन हो गया और वह धन-धान्य-सम्मान तथा गृह आदिसे हीन होकर हिंसावृत्तिमें लग गया। इस दुर्गतिसे उसने अनेक अनर्थ किये। अन्तमें कौण्डिन्यने बतलाया कि तुम मोहिनी एकादशीका व्रत करो, उससे तुम्हारा उद्धार होगा। यह सुनकर उसने वैसा ही किया और इस व्रतके प्रभावसे पूर्ववत् सुखपूर्वक जीवन व्यतीत कर अन्तमें स्वर्गमें गया।

(९) मधुसूदनपूजा (महाभारत-दानधर्म)—वैशाख शुक्ल द्वादशीको भगवान् मधुसूदनका पूजन करके व्रत करे तो उससे 'अग्निष्टोम' के समान फल होता है।* यदि इस दिन बृहस्पति और मंगल सिंहराशिके और सूर्य मेषका हो तथा हस्त नक्षत्र और व्यतीपात

---

* वैशाखमासि द्वादश्यां पूजयेन्मधुसूदनम्।
अग्निष्टोममवाप्नोति सोमलोकं च गच्छति॥ (महाभारते दानधर्मे)

हो तो इस सुयोगमें अन्न, वस्त्र, सुवर्ण, गौ और पृथ्वीका दान देनेसे सब प्रकारके पाप दूर होकर देवत्व, इन्द्रत्व, नृपतित्व और आरोग्य प्राप्त होता है।[१]

(१०) कामदेवव्रत (मदनरत्न-विष्णुधर्मोत्तर)—कामदेवकी सुवर्णमयी मूर्ति बनवाकर वैशाख शुक्ल त्रयोदशीको उसका पूजन करके उपवास करे और दूसरे दिन ब्राह्मणभोजन कराकर पूजा-सामग्रीसहित मूर्तिका दान करके भोजन करे। इस प्रकार वर्षभर प्रत्येक शुक्लपक्षकी त्रयोदशीको करनेसे सब प्रकारके रोगादिकी निवृत्ति और आरोग्यादिकी प्रवृत्ति होती है।

(११) पुत्रादिप्रद प्रदोषव्रत (मदनरत्न-निर्णयामृत)—यद्यपि प्रदोषव्रत प्रत्येक त्रयोदशीको होता है और इसके नियम आदि ऊपर दिये जा चुके हैं, तथापि कामनाभेदसे इसमें यह विशेषता[२] है कि (१) यदि पुत्रप्राप्तिकी कामना हो तो शुक्लपक्षकी जिस त्रयोदशीको शनिवार हो, उससे आरम्भ करके वर्षपर्यन्त या फल प्राप्त होनेतक व्रत करे। (२) ऋण-मोचनकी कामना हो तो जिस त्रयोदशीको भौमवार हो उससे आरम्भ करे। (३) सौभाग्य और स्त्रीकी समृद्धिकी कामना हो तो जिस त्रयोदशीको शुक्रवार हो,

---

१. पंचाननस्थौ गुरुभूमिपुत्रौ मेषे रविः स्याद् यदि शुक्लपक्षे।
पाशाभिधाना करभेण युक्ता तिथिर्व्यतीपात इतीह योगः॥
अस्मिंस्तु गोभूमिहिरण्यवस्त्रदानेन सर्वं परिहाय पापम्।
सुरत्वमिन्द्रत्वमनामयत्वं मर्त्याधिपत्यं लभते मनुष्यः॥ (हेमाद्रौ)

२. यदा त्रयोदशी शुक्ला मन्दवारेण संयुता।
आरब्धव्यं व्रतं तत्र संतानफलसिद्धये॥
ऋणप्रमोचनार्थं तु भौमवारेण संयुता।
सौभाग्यस्त्रीसमृद्ध्यर्थं शुक्रवारेण संयुता॥
आयुरारोग्यसिद्ध्यर्थं भानुवारेण संयुता।
(मदनरत्न-निर्णयामृतान्तर्गतस्कन्दपुराणवचनानि)

उससे आरम्भ करे। (४) अभीष्ट-सिद्धिकी कामना हो तो जिस त्रयोदशीको सोमवार हो, उससे आरम्भ करे और यदि (५) आयु, आरोग्यादिकी कामना हो तो जिस त्रयोदशीको रविवार हो, उससे आरम्भ करके प्रत्येक शुक्ल-कृष्ण त्रयोदशीको एक वर्षतक करे। व्रतके दिन प्रातःस्नानादि करके '**मम पुत्रादिप्राप्ति-कामनया प्रदोषव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके सूर्यास्तके समय पुनः स्नान करे और शिवजीके समीप बैठकर वेदपाठी ब्राह्मणके आज्ञानुसार '**भवाय भवनाशाय०**[१]' इस मन्त्रसे प्रार्थना करके षोडशोपचारसे पूजन करे। नैवेद्यमें सेके हुए जौका सत्तू, घी और शक्करका भोग लगावे। इसके बाद वहीं आठों दिशाओंमें आठ दीपक रखकर प्रत्येकके स्थापनमें आठ बार नमस्कार करे। इसके बाद '**धर्मस्त्वं वृषरूपेण०**[२]' से वृष (नन्दीश्वर)-को जल और दूर्वा खिला-पिलाकर उसका पूजन करे और उसको स्पर्श करके '**ऋणरोगादि०**[३]' इस पूरे मन्त्रसे शिव, पार्वती और नन्दिकेश्वरकी प्रार्थना करे। यह व्रत विशेषकर स्त्रियोंके करनेका है

---

१. भवाय भवनाशाय महादेवाय धीमते।
रुद्राय नीलकण्ठाय शर्वाय शशिमौलिने॥
उग्रायोग्राघनाशाय भीमाय भयहारिणे।
ईशानाय नमस्तुभ्यं पशूनां पतये नमः॥

२. धर्मस्त्वं वृषरूपेण जगदानन्दकारक।
अष्टमूर्तेरधिष्ठानमतः पाहि सनातन॥

३. ऋणरोगादिदारिद्र्यपापक्षुदपमृत्यवः।
भयशोकमनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा॥
पृथिव्यां यानि तीर्थानि सागरान्तानि यानि च।
अण्डमाश्रित्य तिष्ठन्ति प्रदोषे गोवृषस्य तु॥
स्पृष्ट्वा तु वृषणौ तस्य शृंगमध्ये विलोक्य च।
पुच्छं च ककुदं चैव सर्वपापैः प्रमुच्यते॥

(मदनरत्न-निर्णयामृतान्तर्गतस्कन्दपुराणवचनानि)

और वृषके पुच्छ और शृंग आदिके स्पर्श करनेसे अभीष्टसिद्धि होती है।

(१२) नृसिंह-जयन्तीव्रत (वराह और नृसिंहपुराण)—यह व्रत वैशाख शुक्ल चतुर्दशीको किया जाता है। इसमें प्रदोषव्यापिनी चतुर्दशी लेनी चाहिये। यदि दो दिन ऐसी चतुर्दशी हो अथवा दोनों ही दिन न हो तो भी (मदनतिथि) त्रयोदशीका संसर्ग बचानेके विचारसे दूसरे दिन ही उपवास करना चाहिये। यह अवश्य स्मरण रहे कि दैवयोग अथवा सौभाग्यवश किसी दिन पूर्वविद्धामें शनि, स्वाती[1], सिद्धि और वणिजका संयोग हो तो उसी दिन व्रत करना चाहिये। व्रतके दिन प्रातःकालमें सूर्यादिको व्रत करनेकी भावना निवेदन करके ताँबेके पात्रमें जल ले और '**नृसिंह देवदेवेश तव जन्मदिने शुभे। उपवासं करिष्यामि सर्वभोगविवर्जितः॥**' इस मन्त्रसे संकल्प करके मध्याह्नके समय नदी आदिपर जाकर क्रमशः तिल, गोमय, मृत्तिका और आँवले मलकर पृथक्-पृथक् चार बार स्नान करे। इसके बाद शुद्ध स्नान करके वहीं नित्यकृत्य करे। फिर घर आकर क्रोध, लोभ, मोह, मिथ्याभाषण, कुसंग और पापाचार आदिका सर्वथा त्याग करके ब्रह्मचर्यसहित उपवास करे। सायंकालमें एक वेदीपर अष्टदल बनाकर उसपर सिंह, नृसिंह और लक्ष्मीकी सोनेकी मूर्ति स्थापित करके वेदमन्त्रोंसे प्राण-प्रतिष्ठापूर्वक उनका षोडशोपचारसे (अथवा पौराणिक[2]

---

१. स्वातीनक्षत्रसंयोगे शनिवारे महद्व्रतम्।
सिद्धियोगस्य संयोगे वणिजे करणे तथा॥
पुंसां सौभाग्ययोगेन लभ्यते दैवयोगतः।
सर्वैरैतैस्तु संयुक्तं हत्याकोटिविनाशनम्॥ (नृसिंहपुराणे)

२. चन्दनं शीतलं दिव्यं चन्द्रकुंकुममिश्रितम्।
ददामि तव तुष्ट्यर्थं नृसिंह परमेश्वर॥ (इति गन्धम्)
कालोद्भवानि पुष्पाणि तुलस्यादीनि वै प्रभो।
पूजयामि नृसिंह त्वां लक्ष्म्या सह नमोऽस्तु ते॥ (इति पुष्पम्)

मन्त्रोंसे पंचोपचारसे) पूजन करे। रात्रिमें गायन-वादन, पुराणश्रवण या हरिसंकीर्तनसे जागरण करे। दूसरे दिन फिर पूजन करे और ब्राह्मणोंको भोजन कराकर स्वजनोंसहित स्वयं भोजन करे। इस प्रकार प्रतिवर्ष करते रहनेसे नृसिंहभगवान् उसकी सब जगह रक्षा करते हैं और यथेच्छ धन-धान्य देते हैं। नृसिंहपुराणमें इस व्रतकी कथा है। उसका सारांश यह है—जब हिरण्यकशिपुका संहार करके नृसिंहभगवान् कुछ शान्त हुए, तब प्रह्लादजीने पूछा कि 'भगवन्! अन्य भक्तोंकी अपेक्षा मेरे प्रति आपका अधिक स्नेह होनेका क्या कारण है?' तब भगवान्ने कहा कि 'पूर्वजन्ममें तू विद्याहीन, आचारहीन वासुदेव नामका ब्राह्मण था। एक बार मेरे व्रतके दिन (वैशाख शुक्ल चतुर्दशीको) विशेष कारणवश तूने न जल पिया, न भोजन किया, न सोया और ब्रह्मचर्यसे रहा। इस प्रकार स्वत:सिद्ध उपवास और जागरण हो जानेके प्रभावसे तू भक्तराज प्रह्लाद हुआ।'

(१३) कदलीव्रत (हेमाद्रि)—यह व्रत विशेषरूपसे गुजरातमें किया जाता है। यह वैशाख, माघ और कार्तिक—किसी भी महीनेमें हो सकता है। इसमें पूर्वाह्णव्यापिनी चतुर्दशी ली जाती है। उस दिन शुद्ध मृत्तिकाकी वेदीपर स्वस्तिक बनाकर उसपर

कालागरुमयं धूपं सर्वदेवसुवल्लभम्।
करोमि ते महाविष्णो सर्वकामसमृद्धये॥ (इति धूपम्)
दीप: पापहर: प्रोक्तस्तमोराशिविनाशन:।
दीपेन लभ्यते तेजस्तस्माद् दीपं ददामि ते॥ (इति दीपम्)
नैवेद्यं सौख्यदं चारुभक्ष्यभोज्यसमन्वितम्।
ददामि ते रमाकान्त सर्वपापक्षयं कुरु॥ (इति नैवेद्यम्)
उक्तप्रकारेण पंचोपचारविधिना देवं सम्पूज्य—
नृसिंहाच्युत देवेश लक्ष्मीकान्त जगत्पते।
अनेनार्घ्यप्रदानेन सफला: स्युर्मनोरथा:॥ (इति विशेषार्घ्यं दद्यात्)

मूल और पत्तोंसहित सुन्दर केलेका पेड़ स्थापित करे तथा उसे पवित्र जलसे सींचकर गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यसे पूजन करे। इस प्रकार जबतक उसके फल न आवें, तबतक प्रतिदिन करता रहे। यदि किसी देशमें केला न मिले तो सोनेका बनवाकर उसका वर्षभर पूजन करे। उसके बाद उद्यापन करके व्रत समाप्त करे और पूजामें चढ़ायी हुई सामग्री आचार्यको दे।

(१४) **वैशाखी व्रत** (भविष्य०, आदित्य०, जाबालि०)—वैशाखी पूर्णिमा बड़ी पवित्र तिथि है। इस दिन दान-धर्मादिके अनेक कार्य किये जाते हैं। अतः यह उदयसे उदयपर्यन्त हो तो विशेष श्रेष्ठ होती है। अन्यथा कार्यानुसार लेनी चाहिये। इस दिन (१) धर्मराजके निमित्त जलपूर्ण कलश और पकवान देनेसे गोदानके समान फल होता है। (२) यदि पाँच या सात ब्राह्मणोंको शर्करासहित तिल दे तो सब पापोंका क्षय हो जाता है। (३) इस दिन शुद्ध भूमिपर तिल फैलाकर उसपर पूँछ और सींगोंसहित काले मृगका चर्म बिछावे और उसे सब प्रकारके वस्त्रोंसहित दान करे तो अनन्त फल होता है। (४) यदि तिलोंके जलसे स्नान करके घी, चीनी और तिलोंसे भरा हुआ पात्र विष्णुभगवान्‌को निवेदन करे और उन्हींसे अग्निमें आहुति दे अथवा तिल और शहदका दान करे, तिलके तेलके दीपक जलावे, जल और तिलोंका तर्पण करे अथवा गंगादिमें स्नान करे तो सब पापोंसे निवृत्त होता है। (५) यदि इस दिन एक समय भोजन करके पूर्णिमा, चन्द्रमा अथवा सत्यनारायणका व्रत करे तो सब प्रकारके सुख, सम्पदा और श्रेयकी प्राप्ति होती है।

ज्येष्ठके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) **संकष्टचतुर्थीव्रत** (भविष्योत्तर)— ज्येष्ठकृष्णा चतुर्थीको, जो चन्द्रोदयतक रहनेवाली हो, प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करके व्रतके संकल्पसे दिनभर मौन रहे। सायंकालमें पुनः स्नान करके गणेशजीका और चन्द्रोदय होनेपर चन्द्रमाका पूजन करे तथा शंखमें दूध, दूर्वा, सुपारी और गन्धाक्षत लेकर '**ज्योत्स्नापते नमस्तुभ्यं नमस्ते ज्योतिषां पते। नमस्ते रोहिणीकान्त गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' इस मन्त्रसे चन्द्रमाको, '**गौरीसुत नमस्तेऽस्तु सततं मोदकप्रिय। सर्वसंकटनाशाय गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' इस मन्त्रसे गणेशजीको और '**तिथीनामुत्तमे देवि गणेशप्रियवल्लभे। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं सर्वसिद्धिप्रदायिके॥**' इस मन्त्रसे चतुर्थीको अर्घ्य दे तथा वायन दान करके भोजन करे।

(२) **कृष्णैकादशीव्रत** (ब्रह्माण्डपुराण)—एकादशीका व्रत करनेवाला दशमीको जौ, गेहूँ और मूँगके पदार्थका एक बार भोजन करे। एकादशीको प्रातःस्नानादि करके उपवास रखे और द्वादशीको पारण करके भोजन करे। इस एकादशीका नाम 'अपरा' है। इसके व्रतसे अपार पाप दूर होते हैं। जो लोग सद्वैद्य होकर गरीबोंका इलाज नहीं करते, षट्शास्त्री होकर बिना माँ-बापके बच्चोंको नहीं पढ़ाते, सद्व्रत राजा होकर भी गरीब प्रजाको कभी नहीं सँभालते, सबल होकर भी अपाहिजको आपत्तिसे नहीं बचाते और धनवान् होकर भी आपद्ग्रस्त परिवारोंको सहायता नहीं देते, वे नरकमें जानेयोग्य पापी होते हैं। किंतु अपराका व्रत ऐसे व्यक्तियोंको भी निष्पाप करके वैकुण्ठमें भेज देता है।*

---

* अपरासेवनाद् राजन् विपाप्मा भवति ध्रुवम्।
कूटसाक्ष्यं मानकूटं तुलाकूटं करोति च॥

(३) प्रदोषव्रत—यह कृष्ण, शुक्ल दोनों पक्षकी प्रदोषव्यापिनी त्रयोदशीको किया जाता है। उस दिन सायंकालके समय शिवजीका पूजन करके दो घड़ी रात जानेके पहले एक बार भोजन करना चाहिये। विशेष बातें ऊपर लिखी जा चुकी हैं।

(४) अमाव्रत—इस दिन परलोकस्थ पितृगणोंको प्राप्त करानेके लिये कई प्रकारके दान-पुण्य किये जाते हैं तथा तीर्थस्नान, जप-तप और व्रतादिका भी नियम है। इन सबके पुण्यांश सूर्य-किरणोंसे आकर्षित होकर परलोकमें यथायोग्य प्राप्त होते हैं।

(५) वटसावित्रीव्रत—यह व्रत स्कन्द और भविष्योत्तरके अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमाको और निर्णयामृतादिके अनुसार अमावस्याको किया जाता है। इस देशमें प्रायः अमावस्याको ही होता है। संसारकी सभी स्त्रियोंमें ऐसी कोई शायद ही हुई होगी, जो सावित्रीके समान अपने अखण्ड पातिव्रत्य और दृढ़ प्रतिज्ञाके प्रभावसे यमद्वारपर गये हुए पतिको सदेह लौटा लायी हो। अतः विधवा, सधवा, बालिका, वृद्धा, सपुत्रा, अपुत्रा सभी स्त्रियोंको सावित्रीका व्रत अवश्य करना चाहिये[१]। विधि[२] यह है कि ज्येष्ठकृष्णा त्रयोदशीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् '**मम वैधव्यादि-सकलदोषपरिहारार्थं ब्रह्मसावित्रीप्रीत्यर्थं सत्यवत्सावित्रीप्रीत्यर्थं च वटसावित्रीव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके तीन दिन उपवास करे। यदि सामर्थ्य न हो तो त्रयोदशीको रात्रिभोजन,

---

कूटवेदं पठेद् विप्रः कूटशास्त्रं तथैव च।
ज्यौतिषी कूटगणकः कूटपूर्वाधिको भिषक्॥
कूटसाक्षिसमा ह्येते विज्ञेया नरकौकसः।
अपरासेवनाद् राजन् पापमुक्ता भवन्ति ते॥ (ब्रह्माण्डपुराणे)

१. नारी वा विधवा वापि पुत्रीपुत्रविवर्जिता।
सभर्तृका सपुत्रा वा कुर्याद् व्रतमिदं शुभम्॥(स्कान्दे धर्मवचनम्)

२. यह विधि जयसिंहकल्पद्रुममें लिखित व्रतपद्धतिके अनुसार है।

चतुर्दशीको अयाचित और अमावस्याको उपवास करके शुक्ल प्रतिपदाको समाप्त करे। अमावस्याको वटके समीप बैठकर बाँसके एक पात्रमें सप्तधान्य भरकर उसे दो वस्त्रोंसे ढक दे और दूसरे पात्रमें सुवर्णकी ब्रह्मसावित्री तथा सत्यसावित्रीकी मूर्ति स्थापित करके गन्धाक्षतादिसे पूजन करे। तत्पश्चात् वटके सूत लपेटकर उसका यथाविधि पूजन करके परिक्रमा करे। फिर '**अवैधव्यं च सौभाग्यं देहि त्वं मम सुव्रते। पुत्रान् पौत्रांश्च सौख्यं च गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' इस श्लोकसे सावित्रीको अर्घ्य दे और '**वट सिंचामि ते मूलं सलिलैरमृतोपमैः। यथा शाखाप्रशाखाभिर्वृद्धोऽसि त्वं महीतले। तथा पुत्रैश्च पौत्रैश्च सम्पन्नं कुरु मां सदा॥**' इस श्लोकसे वटवृक्षकी प्रार्थना करे। देशभेद और मतान्तरके अनुरोधसे इसकी व्रतविधिमें कोई-कोई उपचार भिन्न प्रकारसे भी होते हैं। यहाँ उन सबका समावेश नहीं किया है। सावित्रीकी संक्षिप्त कथा इस प्रकार है—यह मद्रदेशके राजा अश्वपतिकी पुत्री थी। द्युमत्सेनके पुत्र सत्यवान्‌से इसका विवाह हुआ था। विवाहके पहले नारदजीने कहा था कि सत्यवान् सिर्फ सालभर जीयेगा। किंतु दृढव्रता सावित्रीने अपने मनसे अंगीकार किये हुए पतिका परिवर्तन नहीं किया और एक वर्षतक पातिव्रत्यधर्ममें पूर्णतया तत्पर रहकर अंधे सास-ससुरकी और अल्पायु पतिकी प्रेमके साथ सेवा की। अन्तमें वर्षसमाप्तिके दिन (ज्ये० शु० १५ को) सत्यवान् और सावित्री समिधा लानेको वनमें गये। वहाँ एक विषधर सर्पने सत्यवान्‌को डस लिया। वह बेहोश होकर गिर गया। उसी अवस्थामें यमराज आये और सत्यवान्‌के सूक्ष्मशरीरको ले जाने लगे। किंतु फिर उन्होंने सती सावित्रीकी प्रार्थनासे प्रसन्न होकर सत्यवान्‌को सजीव कर दिया और सावित्रीको सौ पुत्र होने तथा राज्यच्युत अंधे सास-ससुरको राज्यसहित दृष्टि प्राप्त होनेका वर दिया।

शुक्लपक्ष

(१) **करवीरव्रत** (भविष्योत्तर)—ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदाको देवताके बगीचेमें जाकर कनेरके वृक्षका पूजन करे। उसको मूल और शाखा-प्रशाखाओंके सहित स्नान कराकर लाल वस्त्र ओढ़ावे। गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यादिसे पूजन करे। उसके समीप सप्तधान्य रखकर उसपर केले, नारंगी, बिजौरा और गुणक आदि स्थापित करे और '**करवीर विषावास नमस्ते भानुवल्लभ। मौलिमण्डन दुर्गादिदेवानां सततं प्रिय॥**' इस मन्त्रसे अथवा '**आकृष्णेन रजसा वर्तमानो०**' इत्यादि मन्त्रसे प्रार्थना करके पूजा-सामग्री ब्राह्मणको दे दे। फिर घर जाकर व्रत करे। यह व्रत सूर्यकी आराधनाका है। आपद्ग्रस्त अवस्थामें स्त्रियोंको तत्काल फल देता है। प्राचीन कालमें सावित्री, सरस्वती, सत्यभामा और दमयन्ती आदिने इसी व्रतसे अभीष्ट फल प्राप्त किया था।

(२) **रम्भाव्रत** (भविष्योत्तर)—इस व्रतमें पूर्वविद्धा तिथि ली जाती है। इसके लिये ज्येष्ठ शुक्ल तृतीयाको प्रातःकाल स्नानादि नित्यकर्म करके शुद्ध स्थानमें पूर्वाभिमुख बैठे। अपने पार्श्वभागमें १ गार्हपत्य, २ दक्षिणाग्नि, ३ सभ्य, ४ आहवनीय और ५ भास्कर नामकी पाँच अग्नियोंको प्रज्वलित करे। उनके मध्यमें पूर्वाभिमुख बैठकर पद्मासनसे विराजमान चार भुजाओंवाली, सम्पूर्ण आभूषणादिसे भूषिता तथा जटा-जूट और मृगचर्मधारिणी देवीको अपने सम्मुख स्थापित करे। फिर '**ॐ महाकाल्यै नमः। महालक्ष्म्यै नमः। महासरस्वत्यै नमः।**' आदि नामोंसे महानिशा, महामाया, महादेवी, महिषनाशिनी, गंगा, यमुना, सिन्धु, शतद्रु, नर्मदा और वैतरणीपर्यन्त सबका पूजन करे तथा इन्हीं नामोंसे '**नमः**' के स्थानमें '**स्वाहा**' का उच्चारण करके १०८ आहुतियाँ दें। फिर नाना प्रकारके फल, पुष्प और नैवेद्य अर्पण करके '**त्वं शक्तिस्त्वं स्वधा स्वाहा त्वं सावित्री सरस्वती। पतिं देहि गृहं देहि सुतान् देहि नमोऽस्तु ते॥**' इस मन्त्रसे प्रार्थना

करे तो उस स्त्रीका घर सुख, समृद्धि और पुत्रादिसे पूर्ण हो जाता है। यह व्रत माताके कहनेसे पार्वतीने किया था।

(३) **पार्वती-पूजा** (निर्णयामृत)—ज्येष्ठ शुक्ला तृतीयाको पार्वतीका जन्म हुआ था। अतः स्त्रियोंको चाहिये कि वे अपने सुख और सौभाग्यादिकी वृद्धिके लिये इस दिन उनका प्रीतिपूर्वक पूजन करें तथा विविध प्रकारके फल, पुष्प और नैवेद्यादि अर्पण करके गायन-वादन और नृत्यके साथ उनका जन्मोत्सव मनावें।

(४) **शिव-पूजा** (भविष्योत्तर)—ज्येष्ठ मासके कृष्ण या शुक्ल किसी पक्षकी अष्टमीको शिवजीका और केवल शुक्लाष्टमीको शुक्लादेवीका यथाविधि पूजन करे। शुक्लादेवीने जब दानवोंका संहार किया था, तब देवताओंने उनका पूजन किया था। अतः आपत्तियोंकी निवृत्तिके लिये मनुष्योंको भी यह व्रत करना चाहिये।

(५) **उमा ब्राह्मणी** (भविष्योत्तर)—ज्येष्ठ शुक्ल नवमीको उपवास करके ब्राह्मणी नामकी श्वेतवर्णा पार्वतीका भक्तिसहित पूजन करे और ब्राह्मण तथा ब्राह्मणकी कन्याको दूध मिले हुए भातका भोजन कराकर रात्रिमें स्वयं भोजन करे।

(६) **दशहराव्रत**[1] (ब्रह्मपुराण)—ज्येष्ठ शुक्ला दशमीको हस्त नक्षत्रमें स्वर्गसे गंगाका आगमन हुआ था। अतएव इस दिन गंगा आदिका स्नान, अन्न-वस्त्रादिका दान, जप-तप-उपासना और उपवास किया जाय तो दस[2] प्रकारके पाप (तीन प्रकारके

---

१. ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे दशमी हस्तसंयुता।
हरते दश पापानि तस्माद् दशहरा स्मृता॥ (ब्रह्मपुराणे)

२. अदत्तानामुपादानं हिंसा चैवाविधानतः।
परदारोपसेवा च शारीरं त्रिविधं स्मृतम्॥
पारुष्यमनृतं चैव पैशुन्यं चापि सर्वशः।
असम्बद्धप्रलापश्च वाङ्मयं स्याच्चतुर्विधम्॥
परद्रव्येष्वभिध्यानं मनसानिष्टचिन्तनम्।
वितथाभिनिवेशश्च त्रिविधं कर्म मानसम्॥ (मनुः)

कायिक, चार प्रकारके वाचिक और तीन प्रकारके मानसिक) दूर होते हैं। यदि इस दिन १ ज्येष्ठ, २ शुक्ल, ३ दशमी, ४ बुध, ५ हस्त, ६ व्यतीपात, ७ गर, ८ आनन्द, ९ वृषस्थ रवि और १० कन्याका चन्द्र हो तो यह अपूर्वयोग[1] महाफलदायक होता है। इसमें योग-विशेषका बाहुल्य होनेसे पूर्वा या पराका विचार समयपर करके जिस दिन उपर्युक्त योग अधिक हों उस दिन स्नान, दान, जप, तप, व्रत और उपवास आदि करने चाहिये। यदि ज्येष्ठ अधिक मास हो तो ये काम शुद्धकी अपेक्षा मलमासमें करनेसे ही अधिक फल होता है। दशहराके दिन दशाश्वमेधमें दस प्रकार स्नान करके शिवलिंगका दस संख्याके गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य और फल आदिसे पूजन करके रात्रिको जागरण करे तो अनन्त फल होता है।

(७) गंगा-पूजन—ज्येष्ठ शुक्ला दशमी (यदि ज्येष्ठ अधिक मास हो तो अधिक ज्येष्ठकी शुक्ल दशमी)-को गंगातटवर्ती प्रदेशमें अथवा सामर्थ्य न हो तो समीपके किसी भी जलाशय या घरके शुद्ध जलसे स्नान करके सुवर्णादिके पात्रमें त्रिनेत्र, चतुर्भुज[2], सर्वावयवभूषित, रत्नकुम्भधारिणी, श्वेत वस्त्रादिसे सुशोभित तथा वर और अभयमुद्रासे युक्त श्रीगंगाजीकी प्रशान्त मूर्ति अंकित करे। अथवा किसी साक्षात् मूर्तिके समीप बैठ जाय। फिर '**ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गंगायै नमः**।' से आवाहनादि षोडशोपचार पूजन करे तथा इन्हीं नामोंसे '**नमः**' के स्थानमें स्वाहायुक्त करके हवन करे। तत्पश्चात् '**ॐ नमो भगवति ऐं ह्रीं श्रीं (वाक्-काममायामयि) हिलि हिलि**

---

१. ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे दशम्यां बुधहस्तयोः।
व्यतीपाते गरानन्दे कन्याचन्द्रे वृषे रवौ।
दशयोगे नरः स्नात्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते॥ (स्कान्दे)

२. चतुर्भुजां त्रिनेत्रां च सर्वावयवशोभिताम्।
रत्नकुम्भसिताम्भोजवरदाभयसत्कराम्॥
(जयसिंहकल्पद्रुमे गंगापूजनविधौ)

मिलि मिलि गंगे मां पावय पावय स्वाहा।' इस मन्त्रसे पाँच पुष्पांजलि अर्पण करके गंगाको भूतलपर लानेवाले भगीरथका और जहाँसे वे आयी हैं, उस हिमालयका नाम-मन्त्रसे पूजन करे। फिर दस फल, दस दीपक और दस सेर तिल—इनका '**गंगायै नमः।**' कहकर दान करे। साथ ही घी मिले हुए सत्तूके और गुड़के पिण्ड जलमें डाले। सामर्थ्य हो तो सोनेके कच्छप, मत्स्य और मण्डूकादि भी पूजन करके जलमें डाल दे। इसके अतिरिक्त १० किलो तिल, १० किलो जौ और १० किलो गेहूँ १० ब्राह्मणोंको दे। परदार और परद्रव्यादिसे दूर रहे तथा ज्येष्ठ शुक्ला प्रतिपदासे प्रारम्भ करके दशमीतक एकोत्तर-वृद्धिसे दशहरास्तोत्रका पाठ करे, तो सब प्रकारके पाप समूल नष्ट हो जाते हैं और दुर्लभ सम्पत्ति प्राप्त होती है।

(८) **निर्जलैकादशीव्रत** (महाभारत)—यह व्रत ज्येष्ठ शुक्ला एकादशीको किया जाता है। इसका नाम निर्जला है; अतः नामके अनुसार इसका व्रत किया जाय तो स्वर्गादिके सिवा आयु और आरोग्यवृद्धिके तत्त्व विशेषरूपसे विकसित होते हैं। व्यासजीके कथनानुसार यह अवश्य सत्य है कि 'अधिमाससहित एक वर्षकी पचीस एकादशी न की जा सकें तो केवल निर्जला* करनेसे ही पूरा फल प्राप्त हो जाता है।' निर्जला व्रत करनेवाला पुरुष अपवित्र अवस्थाके आचमनके सिवा बिन्दुमात्र जल भी ग्रहण न करे। यदि किसी प्रकार उपयोगमें ले लिया जाय तो उससे व्रत भंग हो जाता है। दृढ़तापूर्वक नियमपालनके साथ निर्जल उपवास करके द्वादशीको

---

* वृषस्थे मिथुनस्थेऽर्के शुक्ला ह्येकादशी भवेत्।
ज्येष्ठे मासि प्रयत्नेन सोपोष्या जलवर्जिता॥
स्नाने चाचमने चैव वर्जयेन्नोदकं बुधः।
संवत्सरस्य या मध्ये एकादश्यो भवन्त्युत॥
तासां फलमवाप्नोति अत्र मे नास्ति संशयः।
(हेमाद्रौ—महाभारते व्यासवचनम्)

स्नान करे और सामर्थ्यके अनुसार सुवर्ण और जलयुक्त कलश देकर भोजन करे तो सम्पूर्ण तीर्थोंमें जाकर स्नान-दानादि करनेके समान फल होता है।

एक बार बहुभोजी भीमसेनने व्यासजीके मुखसे प्रत्येक एकादशीको निराहार रहनेका नियम सुनकर विनम्र भावसे निवेदन किया कि 'महाराज! मुझसे कोई व्रत नहीं किया जाता। दिनभर बड़ी तीव्र क्षुधा बनी ही रहती है। अतः आप कोई ऐसा उपाय बतला दीजिये जिसके प्रभावसे स्वतः सद्‌गति हो जाय।' तब व्यासजीने कहा कि 'तुमसे वर्षभरकी सम्पूर्ण एकादशी नहीं हो सकती तो केवल एक निर्जला कर लो, इसीसे सालभरकी एकादशी करनेके समान फल हो जायगा।' तब भीमने वैसा ही किया और स्वर्गको गये।

(९) जलधेनुदान (मदनरत्न—स्कन्दपुराण)—ज्येष्ठ शुक्ला एकादशीको यथासामर्थ्य सोना, चाँदी या ताँबेके गौकी आकृतिके कलशमें अन्न, जल, सोना, चाँदी और ताँबा रखकर उसे दो सफेद वस्त्रोंसे ढके। उसके ऊपर दूर्वांकुर लगाये। कूट, उशीर, जटामासी, आँवले और प्रियंगु आदि ओषधियोंसहित छाता, जूता और कुशासन रखे। उसके समीप चारों दिशाओंमें तिलके पात्र और सामने घी, दही और चीनीका पात्र रखकर जलाधिपति वासुदेव भगवान्‌का पूजन करे। फिर उसमेंसे देनेयोग्य द्रव्यादिका दान करके उपवास करे।

(१०) दुर्गन्धि-दुर्भाग्यनाशक व्रत (भविष्योत्तर)—ज्येष्ठ शुक्ला त्रयोदशीको किसी पवित्र नदीके किनारे जाकर सूर्यनारायणका दर्शन करके स्नान करे और उस देशके सफेद आक, लाल कनेर और सपुष्प नीमका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। ये तीनों वृक्ष*

---

* इत्थं योऽर्चयते भक्त्या वर्षे वर्षे पृथङ् नरः।
द्रुमत्रयं नृपश्रेष्ठ नारी वा भक्तिसंयुता।
तस्याः शरीरे दुर्गन्धं दौर्भाग्यं च न जायते॥ (श्रीकृष्णः)

सूर्यनारायणको बहुत प्रिय हैं, अतः इनका पूजन करके व्रत करनेसे सब प्रकारका दुर्भाग्य और दुर्गन्ध सदाके लिये दूर हो जाता है।

(११) **शुक्लप्रदोष**—यह कृष्ण-शुक्ल दोनों पक्षोंमें प्रतिमास किया जाता है। इसके नियम, विधान और पूजापद्धति आदि ऊपर लिखे जा चुके हैं। आगे जो कुछ विशेष होगा यथास्थान लिख दिया जायगा।

(१२) **पंचतपव्रत** (मत्स्यपुराण)—ज्येष्ठ शुक्ला चतुर्दशीको पूर्वोक्त पाँच अग्नि प्रज्वलित करके दिनभर 'पंचधूनी' तपे और सायंकालमें शिवजीकी प्रसन्नताके लिये सुवर्ण-धेनुका दान देकर भोजन करे तो शिवजीकी प्रसन्नता होती है।

(१३) **बिल्वत्रिरात्रिव्रत** (हेमाद्रि—स्कन्दपुराण)—ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमाको जब ज्येष्ठा नक्षत्र और मंगलवार हो, तब उस दिन सरसों मिले हुए जलसे स्नान करके 'श्रीवृक्ष' (बिल्ववृक्ष)-का गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और एक समय हविष्यान्न भोजन करे। यदि भोजनको कुत्ता, सूअर या गधा आदि देख लें तो उसे त्याग कर दे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ला पूर्णिमाको वर्षपर्यन्त करके व्रतसमाप्तिके दिन बिल्ववृक्षके समीप जाकर एक पात्रमें एक किलो बालू या जौ, गेहूँ, चावल और तिल भरे तथा दूसरे पात्रको दो वस्त्रोंसे ढककर उसमें सुवर्णनिर्मित उमा-महेश्वरकी मूर्ति स्थापित करे तथा दो लाल वस्त्र अर्पण कर विविध प्रकारके गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यादिसे पूजन करके '**श्रीनिकेत नमस्तुभ्यं हरप्रिय नमोऽस्तु ते। अवैधव्यं च मे देहि श्रियं जन्मनि जन्मनि॥**' इस मन्त्रसे प्रार्थना करे और बिल्वपत्रकी एक हजार आहुति देकर सोलह या आठ अथवा चार दम्पतियों (स्त्री-पुरुषों)-को वस्त्रालंकारादिसे भूषित करके भोजन करावे तो सब प्रकारके अभीष्ट सिद्ध हो जाते हैं।

आषाढ़के व्रत

कृष्णपक्ष

(१) **संकष्टचतुर्थीव्रत**—इसके सम्बन्धमें पहले वर्णन हो चुका है उसके अनुसार पूर्वविद्धा चन्द्रोदयव्यापिनीमें व्रत करके चन्द्रमाको अर्घ्य दे और हविष्यान्नका भोजन करे।

(२) **एकादशीव्रत** (ब्रह्मवैवर्तपुराण)—आषाढ़ कृष्ण एकादशीको प्रात:स्नानादि करके '**मम सकलपापक्षयपूर्वककुष्ठादिरोग-निवृत्तिकामनया योगिन्येकादशीव्रतमहं करिष्ये।**' संकल्प करके पुण्डरीकाक्षभगवान्‌का यथाविधि पूजन करे, उनके चरणोदकसे सब अंगोंका मार्जन करे और उपवास करके रात्रिमें जागरण करे तो कुष्ठादि सब रोगोंकी निवृत्ति हो जाती है। प्राचीन कालमें कुबेरके कोपसे हेममालीको कोढ़ हो गया था, उसने महामुनि मार्कण्डेयजीके आज्ञानुसार योगिनी एकादशीका उपवास किया, जिससे उसकी सम्पूर्ण व्याधियाँ मिट गयीं और कुबेरने उसे अपनी सेवामें वापस बुला लिया।

(३) **प्रदोषव्रत**—यह नित्य-व्रत है। प्रत्येक त्रयोदशीको किया जाता है। इसके विधानादि गत महीनोंमें लिखे जा चुके हैं। आगे जो कुछ विशेष होगा, यथासमय प्रकट किया जायगा।

शुक्लपक्ष

(१) **रथयात्रा** (स्कन्द)—आषाढ़ शुक्ल द्वितीयाको पुष्यनक्षत्र हो तो सुभद्रासहित भगवान्‌को रथमें विराजित कर यात्रा करावे और वापस पधार आनेपर यथास्थान स्थापित करे। इस दिन पुरीमें श्रीजगदीशभगवान्‌को सपरिवार विशाल रथपर आरूढ़ करके भ्रमण करवाते हैं। उस दिन वहाँ रथयात्राका अद्वितीय उत्सव होता है। देश-देशान्तरके लाखों नर-नारी एकत्र होते हैं।

उसी दिन अन्यत्र (जयपुर आदिमें) भगवान् रामचन्द्रजीको रथारूढ़ करके मन्दिरसे दूसरी जगह ले जाकर वाल्मीकिरामायणके युद्धकाण्डका पाठ सुनाते हैं और वहीं मुक्ताधान्यसे बीजवपन करके चातुर्मासीय कृषिकार्यका शुभारम्भ करते हैं। यह तो स्पष्ट ही है कि उस दिन भगवद्भक्तोंके यहाँ व्रत होता है और महोत्सव मनाया जाता है।

(२) **स्कन्दषष्ठीव्रत** (वाराहपुराण)—यह व्रत पंचमीयुक्त किया जाता है। आषाढ़ शुक्ल पंचमीको उपवास करे। षष्ठीको स्कन्दका पूजन करे और फिर एक बार भोजन करे। यह षष्ठी तिथि कुमार कार्तिकेयजीकी तिथि है, इसलिये इसे कौमारिकी कहते हैं।

(३) **विवस्वान्व्रत** (ब्रह्मपुराण)—आषाढ़ शुक्ल सप्तमीको सूर्य 'विवस्वान्' नामसे विख्यात हुए थे। अतः इस दिन रथचक्रके समान गोल मण्डल बनाकर उसमें विवस्वान्का गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और अनेक प्रकारके भक्ष्य, भोज्य एवं पेय पदार्थ अर्पण करके व्रत करे।

(४) **महिषघ्नीव्रत** (देवीभागवत)—इस निमित्त आषाढ़ शुक्ल अष्टमीको उपवास करके हरिद्राके जलसे स्नान करे, वैसे ही जलसे महिषघ्नी देवीको स्नान करावे और केसर, चन्दन, धूप, कपूर आदिसे पूजन करे। नैवेद्यमें घी, चीनी और जौके संयोगसे बनाया हुआ पदार्थ अर्पण करे। ब्राह्मण और ब्राह्मणकुमारियोंको भोजन करावे, फिर स्वयं भोजन करे। इसके प्रभावसे सब प्रकारकी इष्ट-सिद्धि होती है।

(५) **ऐन्द्रीपूजन** (भविष्योत्तरपुराण)—आषाढ़के कृष्ण, शुक्ल किसी भी पक्षकी नवमीको ऐन्द्री नामकी दुर्गाका श्रद्धा-सहित पूजन करे और श्वेत ऐरावतपर विराजी हुई श्वेतवर्णकी देवीका ध्यान करके नक्तव्रत करे।

(६) **शुक्लैकादशीव्रत** (भविष्योत्तरपुराण)—आषाढ़ शुक्ल एकादशीका नाम देवशयनी है। इस दिन उपवास करके सोना, चाँदी, ताँबा या पीतलकी मूर्ति बनवाकर उसका यथोपलब्ध उपचारोंसे पूजन करे और पीताम्बरसे विभूषित करके सफेद चादरसे ढके हुए गद्दे-तकियावाले पलंगपर शयन करावे। उस अवसरके चार महीनोंके

लिये अपनी रुचि अथवा अभीष्टके अनुसार नित्य व्यवहारके पदार्थोंका त्याग और ग्रहण करे। जैसे मधुर स्वरके लिये 'गुड़'का, दीर्घायु अथवा पुत्र-पौत्रादिकी प्राप्तिके लिये 'तैल'का, शत्रुनाशादिके लिये 'कड़ुवे तैल' का, सौभाग्यके लिये 'मीठे तैल'का और स्वर्गप्राप्तिके लियें 'पुष्पादि' भोगोंका त्याग करे। देह-शुद्धि या सुन्दरताके लिये परिमित प्रमाणके 'पंचगव्य'का, वंश-वृद्धिके लिये नियमित 'दूध'का, कुरुक्षेत्रादिके समान फल मिलनेके लिये पात्रमें भोजन करनेके बदले 'पत्र'का और सर्वपापक्षयपूर्वक सकल पुण्यफल प्राप्त होनेके लिये 'एकभुक्त, नक्तव्रत, अयाचित भोजन या सर्वथा उपवास' करनेका व्रत ग्रहण करे। यदि इन चार महीनोंमें दूसरेके दिये हुए भक्ष्य-भोज्यादि सभी पदार्थोंके भक्षण करनेका त्याग रखे और उपर्युक्त चार व्रतोंमें जो बन सके उसको ग्रहण करे तो महाफल होता है।

(७) **स्वापमहोत्सव** (मदनरत्न)—आषाढ़ शुक्ल एकादशीको भगवान् क्षीरसागरमें शेष-शय्यापर शयन करते हैं। अतः इसका उत्सव मनानेके लिये सर्वलक्षणसंयुक्त मूर्ति बनवावे। अपनी सामर्थ्यके अनुसार सोना, चाँदी, ताँबा या पीतलकी या कागजकी मूर्ति (चित्र) बनवाकर गायन-वादन आदि समारोहके साथ विधिपूर्वक पूजन करे। रात्रिके समय '**सुप्ते त्वयि जगन्नाथे०**[1]' से प्रार्थना करके सुखसाधनोंसे सजी हुई शय्यापर शयन करावे। भगवान्‌का[2] सोना रात्रिमें, करवट बदलना संधिमें और जागना दिनमें होता है। इसके विपरीत हो तो अच्छा नहीं। यह विशेष है कि[3] शयन अनुराधाके

१. सुप्ते त्वयि जगन्नाथे जगत् सुप्तं भवेदिदम्।
विबुद्धे च विबुध्येत प्रसन्नो मे भवाव्यय॥ (रामार्चनचन्द्रिका)

२. निशि स्वापो दिवोत्थानं संध्यायां परिवर्तनम्। (ब्रह्मपुराण)

३. मैत्राद्यपादे स्वपितीह विष्णुः
श्रुतेश्च मध्ये परिवर्तमेति।
जागर्ति पौष्णस्य तथावसाने
नो पारणं तत्र बुधः प्रकुर्यात्॥ (नारदपुराण)

आद्य तृतीयांशमें, परिवर्तन श्रवणके मध्य तृतीयांशमें और उत्थान रेवतीके अन्तिम तृतीयांशमें होता है। यही कारण है कि आषाढ़, भाद्रपद और कार्तिकमें एकादशीके व्रतवाले पारणाके समय आषाढ़में अनुराधाका आद्य तृतीयांश, भाद्रपदमें श्रवणका मध्य तृतीयांश और कार्तिकमें रेवतीका अन्तिम तृतीयांश व्यतीत होनेके बाद (या उसके आरम्भसे पहले) पारण करते हैं। (स्मरण रहे कि एक नक्षत्र लगभग ६० घड़ीका होता है अतः उसके २०-२० घड़ीके तृतीयांश बनाकर पहला, दूसरा या तीसरा देख लेना चाहिये।) देवशयनके चातुर्मासीय व्रतोंमें पलंगपर सोना[1], भार्याका संग करना, मिथ्या बोलना, मांस, शहद और दूसरेके दिये हुए दही-भात आदिका भोजन करना और मूली, पटोल एवं बैगन आदि शाक[2]-पत्र खाना त्याग देना चाहिये। 'रामार्चनचन्द्रिका' में भगवान्‌की मूर्तिको रथपर चढ़ाकर घण्टा आदि बाजोंकी ऊँची आवाजके सहित जलाशयमें ले जाकर जलमें शयन करानेका विधान बतलाया है।

(८) वामनपूजा (महाभारत)—आषाढ़ शुक्ल द्वादशीको वामनजीका यथाविधि पूजन करके व्रत करे तो यज्ञके समान फल होता है। विधि यह है कि साक्षात् मूर्ति हो तो उसके समीप बैठकर, नहीं तो सुवर्णकी बनवाकर ताँबेके पात्रमें तुलसीदलपर स्थापन करे और वह भी न बने तो शालिग्रामजीकी मूर्तिका पुरुषसूक्तके मन्त्रोंसे षोडशोपचार पूजन करके व्रत करे।

(९) प्रदोषव्रत (हेमाद्रि)—पूर्वोक्त प्रकारसे सूर्यास्तके समय स्नान करके प्रदोष-समयमें शिवजीका पूजन करके सूर्यास्तके बाद एक बार भोजन करे। प्रदोष-समयमें शिवजीके समीप

---

१. मंचखट्वादिशयनं वर्जयेद् भक्तिमान्नरः।
अनृतौ वर्जयेद् भार्यां मांसं मधु परौदनम्॥
पटोलं मूलकं चैव वृन्ताकं च न भक्षयेत्। (स्कन्द)

२. मूलपत्रकरीराग्रफलफाण्टाधिरूढकाः।
त्वक्पत्रपुष्पकं चैव शाकं दशविधं स्मृतम्॥

'यक्ष, गन्धर्व*, पतग (पक्षी), उरग, सिद्ध, साध्य, विद्याधर, देव, अप्सरा और भूतगण' उपस्थित रहते हैं, अतः उस समयके शिवपूजनसे सारे मनोरथोंकी सिद्धि होती है। यह व्रत आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशीको होता है।

(१०) **हरिपूजा** (ब्रह्म-विष्णु)—आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशीको उपवास करके शुक्ल पूर्णिमाको पूर्वाह्नमें हरिका उत्तम प्रकारके गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यसे पूजन करे। यदि उस दिन पूर्वाषाढ़ हो तो अन्नपानादिका दान करके एकभुक्त भोजन करे।

(११) **कोकिलाव्रत** (हेमाद्रि)—यह व्रत आषाढ़ी पूर्णिमासे प्रारम्भ करके श्रावणी पूर्णिमातक किया जाता है। इसके करनेसे मुख्यतः स्त्रियोंको सात जन्मतक सुत, सौभाग्य और सम्पत्ति मिलती है। विधान यह है—आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमाके सायंकाल स्नान करके कल्पना करे कि 'मैं ब्रह्मचर्यसे रहकर कोकिलाव्रत करूँगी। उसके बाद श्रावण कृष्ण प्रतिपदाको किसी नद, नदी, झरने, बावली, कुएँ या तालाब आदिपर '**मम धनधान्यादि-सहितसौभाग्यप्राप्तये शिवतुष्टये च कोकिलाव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके आरम्भके आठ दिनमें भीगे और पिसे हुए आँवलोंमें सुगन्धयुक्त तिलतैल मिलाकर उसे मलकर स्नान करे। फिर आठ दिनतक भिगोकर पिसी हुई मुरामांसी और वच-कुष्टादि दस ओषधियोंसे स्नान करे (दशौषधि पूर्वांगमें देखिये)। उसके बाद आठ दिनतक भिगोकर पिसी हुई बचके जलसे स्नान करे और उसके बाद अन्तके छः दिनतक पिसे हुए तिल-आँवले

---

* गन्धर्वयक्षपतगोरगसिद्धसाध्य-
विद्याधरामरवराप्सरसां गणाश्च।
येऽन्ये त्रिलोकनिलयाः सहभूतवर्गाः
प्राप्ते प्रदोषसमये हरपार्श्वसंस्थाः॥
तस्मात्प्रदोषे शिव एक एव पूज्यः॥ (स्कन्दपुराण ब्रह्मोत्तरखण्ड)

और सर्वोषधिके जलसे स्नान करे। इस क्रमसे प्रतिदिन स्नान करके पीठीके द्वारा निर्माण की हुई कोयलका पूजन करे। चन्दन, सुगन्धित पुष्प, धूप, दीप और तिल-तन्दुलादिका नैवेद्य अर्पण करे और '**तिलस्नेहे०**[1]' से प्रार्थना करे। इस प्रकार श्रावणी पूर्णिमापर्यन्त करके समाप्तिके दिन ताँबेके पात्रमें मिट्टीसे बनायी हुई कोकिलाके सुवर्णके पंख और रत्नोंके नेत्र लगाकर वस्त्राभूषणादिसे भूषित करके सास, ससुर, ज्योतिषी, पुरोहित अथवा कथावाचकके भेंट करनेसे स्त्री इस जन्ममें प्रीतिपूर्वक पोषण करनेवाले सुखरूप पतिके साथ सुख-सौभाग्यादि भोगकर अन्तमें गौरी (पार्वती)-की पुरीमें जाती है। इस व्रतमें गौरीका कोकिलाके रूपमें पूजन किया जाता है।

(१२) अम्बिकाव्रत (भविष्यपुराण)—आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशीको उपवास करके पूर्णिमाके प्रातःकाल अम्बिकादेवीका विधिवत् पूजन करनेसे यज्ञके समान फल होता है और व्रती विष्णुलोकमें जाता है।

(१३) विश्वेदेवपूजन (ब्रह्मपुराण)—आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमाको पूर्वाषाढ़ा हो तो महाबली दस[2] विश्वेदेवोंका पूजन करे, इससे उनकी प्रसन्नता प्राप्त होती है।

(१४) शिवशयनव्रत (हेमाद्रि, वामनपुराण)—आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमाको जटाजूटकी व्यवस्थाके विचारसे शिवजी सिंह-चर्मके विस्तरपर शयन करते हैं, अतः उस दिन पूर्वविद्धा पूर्णिमामें शिवपूजन करके रुद्रव्रत करनेसे शिवलोककी प्राप्ति होती है।

(१५) वायुधारिणी पूर्णिमा (ज्योतिःशास्त्र)—आषाढ़ शुक्ल

---

१. तिलस्नेहे तिलसौख्ये तिलवर्णे तिलामये।
सौभाग्यधनपुत्रांश्च देहि मे कोकिले नमः॥ (भविष्योत्तर०)

२. क्रतुर्दक्षो वसुः सत्यः कालः कामस्तथैव च।
धूरिश्च लोचनश्चैव तथा चैव पुरूरवाः॥
आश्रवश्च दशैवैते विश्वेदेवाः प्रकीर्तिताः। (मत्स्यपु०१७१ बृहस्पति)

पूर्णिमाको सूर्यास्तके समय गणेशादिका पूजन करके सुदीर्घ शंकुके अग्रभागमें मन्दवायुके संचालनमात्रसे संचालित होनेवाले तूलिकापुष्प (रूईके फोये)- को लटकाकर सीधा खड़ा करे और जिस दिशाकी हवा हो उसके अनुसार* शुभाशुभ निश्चित करे। अक्षय-तृतीयाके अनुसार इस पूर्णिमाको भी कलशस्थापन करके अनेक प्रकारकी वनौषधि, धान्य, प्रख्यात देश और उनके अधिपति एवं विख्यात व्यक्तियोंके नाम पृथक्-पृथक् तौलकर कपड़ेकी अलग-अलग पोटलियोंमें बाँधकर कलशके समीप स्थापन करते हैं और दूसरे दिन उसी प्रकार फिर तौलकर उनके न्यून, सम और अधिक होनेपर अन्नादिके मँहगे, सस्ते एवं देशविशेष और व्यक्तियोंके ह्रास, यथावत् और वृद्धि होनेका ज्ञान प्राप्त करते हैं।

(१६) व्यासपूजा पूर्णिमा (अर्चनविधि)—आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमाको प्रातःस्नानादि नित्य-कर्म करके ब्राह्मणोंसहित '**गुरुपरम्परासिद्ध्यर्थं व्यासपूजां करिष्ये।**' से संकल्प करके श्रीपर्णीवृक्षकी चौकीपर तत्सम धौतवस्त्र फैलाकर उसपर प्रागपर (पूर्वसे पश्चिम) और उदगपर (उत्तरसे दक्षिण)-को गन्धादिसे बारह-बारह रेखा बनाकर व्यास-पीठ निश्चित करे और दसों दिशाओंमें अक्षत छोड़कर दिग्-बन्धन करे। फिर ब्रह्म, ब्रह्मा, परापरशक्ति, व्यास, शुकदेव, गौडपाद, गोविन्दस्वामी और शंकराचार्यका नाममन्त्रसे आवाहनादि पूजन करके अपने दीक्षागुरु (तथा पिता, पितामह, भ्राता आदि)-का देवतुल्य पूजन करे। विशेष विस्तृत विधान शंकराचार्यविरचित 'व्यासपूजाविधि' में देखना चाहिये।

---

* आषाढ्यां भास्करास्ते सुरपतिनिलये वाति वाते सुवृष्टिः
सस्यार्धं सम्प्रकुर्याद् यदि दहनदिशो मन्दवृष्टिर्यमेन।
नैर्ऋत्यामन्ननाशो वरुणदिशि जलं वायुकोणे प्रवायुः
कौवेर्यां सस्यपूर्णा सकलवसुमती तद्वदीशानवायौ॥ (ज्योतिःशास्त्र)

श्रावणके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) **अशून्यशयनव्रत** (भविष्यपुराण)—यह श्रावण कृष्ण द्वितीयासे मार्गशीर्ष कृष्ण द्वितीयापर्यन्त किया जाता है। इसमें पूर्वविद्धा तिथि ली जाती है। यदि दो दिन पूर्वविद्धा हो या दोनों दिन न हो तो परविद्धा लेनी चाहिये। इसमें शेषशय्यापर लक्ष्मीसहित नारायण शयन करते हैं, इसी कारण इसका नाम अशून्यशयन है। यह प्रसिद्ध है कि देवशयनीसे देवप्रबोधिनीतक भगवान् शयन करते हैं। साथ ही यह भी प्रसिद्ध है कि इस अवधिमें देवता सोते हैं और शास्त्रसे यही सिद्ध होता है कि द्वादशीको भगवान्, त्रयोदशीको काम, चतुर्दशीको यक्ष, पूर्णिमाको शिव, प्रतिपदाको ब्रह्मा, द्वितीयाको विश्वकर्मा और तृतीयाको उमाका शयन होता है। व्रतीको चाहिये कि श्रावण कृष्ण द्वितीयाको प्रातःस्नानादि करके श्रीवत्सचिह्नसे युक्त चार भुजाओंसे भूषित शेषशय्यापर स्थित और लक्ष्मीसहित भगवान्का गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। दिनभर मौन रहे। व्रत रखे और सायंकाल पुनः स्नान करके भगवान्का शयनोत्सव मनावे। फिर चन्द्रोदय होनेपर अर्घ्यपात्रमें जल, फल, पुष्प और गन्धाक्षत रखकर '**गगनांगणसंदीप क्षीराब्धिमथनोद्भव। भाभासितदिगाभोग रमानुज नमोऽस्तु ते॥**' (पुराणान्तर)—इस मन्त्रसे अर्घ्य दे और भगवान्को प्रणाम करके भोजन करे। इस प्रकार प्रत्येक कृष्ण द्वितीयाको करके मार्गशीर्ष कृष्ण तृतीयाको उस ऋतुमें होनेवाले (आम, अमरूद और केले आदि) मीठे फल सदाचारी ब्राह्मणको दक्षिणासहित दे। करोंदे, नीबू आदि खट्टे तथा इमली, कैरी, नारंगी, अनार आदि स्त्रीनामके फल न दे। इस व्रतसे व्रतीका गृहभंग नहीं होता—दाम्पत्यसुख अखण्ड रहता है। यदि स्त्री करे तो वह सौभाग्यवती होती है।

(२) **कज्जली तृतीया**—यदि श्रावण कृष्ण तृतीयाको श्रवण नक्षत्र हो तो विष्णुका पूजन करके व्रत करे। इसमें परविद्धा ग्राह्य होती है।*

(३) **स्वर्णगौरीव्रत** (स्कन्दपुराण)—यह श्रावण कृष्ण तृतीयाको किया जाता है। उस दिन प्रातःस्नानादि करके शुद्ध भूमिकी मृत्तिकासे गौरीकी मूर्ति बनावे। उसके समीप सूत या रेशमके १६ तारका डोरा बनाकर उसमें १६ गाँठ लगाकर स्थापित करे। फिर गौरीका आवाहनादि षोडश उपचारोंसे पूजन करके डोरेको दाहिने हाथमें बाँधे और व्रत करे। इस प्रकार १६ वर्ष करनेके बाद उद्यापन करे। उद्यापनमें एक वेदीपर अष्टदल बनाकर उसपर कलश स्थापित करे और कलशपर शिवगौरीकी सुवर्णमयी मूर्ति प्रतिष्ठित करके यथाविधि पूजन करे और प्रार्थना करके स्वर्णादिनिर्मित और १६ ग्रन्थियुक्त डोरेका पूजन करे। '**ॐ शिवाय नमः स्वाहा।**', '**ॐ शिवाय नमः स्वाहा।**' से हवन करके बाँसके १६ पात्रोंमें १६ फल और १६ प्रकारकी मिठाई भरकर १६ ब्राह्मणोंको दे और गोदान, अन्नदान, शय्यादान और भूयसी देकर १६ जोड़ा-जोड़ी जिमावे और फिर स्वयं भोजन करके व्रत समाप्त करे। इस व्रतके सम्बन्धमें एक महत्त्वपूर्ण कथा है—प्राचीन कालमें सरस्वतीके किनारेकी विमलापुरीके राजा चन्द्रप्रभने अप्सराओंके आदेशानुसार अपनी छोटी रानी विशालाक्षीसे यह व्रत करवाया था; किंतु मदान्विता महादेवी (बड़ी रानी)-ने उक्त डोरा तोड़ डाला। फल यह हुआ कि वह विक्षिप्त हो गयी और आम्र, सरोवर एवं ऋषिगणोंसे 'गौरी कहाँ है?' यह पूछने लगी। अन्तमें गौरीकी सानुकूलता होनेपर वह फिर पूर्वावस्थामें प्राप्त होकर सुखसे रही।

(४) **संकष्टचतुर्थी** (भविष्योत्तरपुराण)—यह व्रत श्रावण

---

* तृतीया श्रावणे कृष्णा या स्याच्छ्रवणसंयुता।
तस्यां सम्पूज्य गोविन्दं तुष्टिमग्र्यामवाप्नुयात्॥ (हेमाद्रौ विष्णुधर्मोत्तरे)

कृष्ण चतुर्थीको किया जाता है। इसमें चन्द्रोदयव्यापिनी चतुर्थी ली जाती है। यदि दो दिन वैसी हो या दोनों ही दिन न हो तो पूर्वविद्धा लेना चाहिये। उस दिन नित्यकृत्य करके सूर्यादिसे व्रतकी भावना निवेदन कर '**मम सर्वविधसौभाग्यसिद्ध्यर्थं संकष्टहरगणपतिप्रीतये संकष्टचतुर्थीव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करे और वस्त्राच्छादित वेदीपर मूर्तिमान् या फलस्वरूप गणेशजीको स्थापित करके '**कोटिसूर्यप्रभं देवं गजवक्त्रं चतुर्भुजम्। पाशांकुशधरं देवं ध्यायेत् सिद्धिविनायकम्॥**' से गणेशजीका ध्यान करके उनका पूजन करे और २१ दूर्वा लेकर '**गणाधिपाय नमः** २, **उमापुत्राय नमः** २, **अघनाशनाय नमः** २, **एकदन्ताय नमः** २, **इभवक्त्राय नमः** २, **मूषकवाहनाय नमः** २, **विनायकाय नमः** २, **ईशपुत्राय नमः** २, **सर्वसिद्धिप्रदायकाय नमः** २ और **कुमारगुरवे नमः** २' इन नामोंसे प्रत्येक नामके साथ दो-दो दूर्वा और गणाधिपादि दसों नामोंके द्वारा एक दूर्वा अर्पण करे। अन्तमें नीराजन करके पुष्पांजलि दे और '**संसारपीडाव्यथितं हि मां सदा संकष्टभूतं सुमुख प्रसीद। त्वं त्राहि मां मोचय कष्टसंघान्नमो नमो विघ्नविनाशनाय॥**' से प्रार्थना करके घी, गेहूँ और गुड़से बनाये हुए २१ मोदक लेकर एक गणेशजीके अर्पण करे, १० ब्राह्मणोंको दे और शेष १० अपने लिये रख दे। तत्पश्चात् चन्द्रोदय होनेपर उनका गन्धाक्षतसे पूजन करके '**ज्योत्स्नापते नमस्तुभ्यं नमस्ते ज्योतिषां पते। नमस्ते रोहिणीकान्त गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से चन्द्रमाको, '**गजानन नमस्तुभ्यं सर्वसिद्धिप्रदायक। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं संकष्टं नाशयाशु मे॥**' से गणेशजीको और '**तिथीनामुत्तमे देवि गणेशप्रियवल्लभे। सर्वसम्पत्प्रदे देवि गृह्णणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से चतुर्थीको अर्घ्य देकर भोजन करे। श्रावणमें लड्डू, भाद्रमें दही, आश्विनमें उपवास, कार्तिकमें दध्योदन,

मार्गशीर्षमें निराहार, पौषमें गोमूत्र, माघमें तिल, फाल्गुनमें घी, शक्कर, चैत्रमें पंचगव्य, वैशाखमें शतपत्रिका,ज्येष्ठमें घी और आषाढ़में मधु भक्षण करे। जमीनपर सोवे, जितक्रोधी, जितेन्द्रिय, निर्लोभी और मोहादिसे रहित होकर प्रतिमास एक वर्ष, तीन वर्ष या जन्मभर करे तो उसके संकट दूर होकर शान्ति मिलती है और ऋद्धि-सिद्धिसे संयुक्त होकर वह सुखी रहता है। इस व्रतको यदि कुमारी करे तो उसे सुयोग्य वर मिले। सौभाग्यवती युवती करे तो सौभाग्यादिकी वृद्धि हो और विधवा करे तो जन्मान्तरमें वह सौभाग्यवती रहे।

(५) शीतलासप्तमी (हेमाद्रि, भविष्यपुराण)—यह व्रत श्रावण कृष्ण सप्तमीको किया जाता है। इसमें मध्याह्नव्यापिनी तिथि ली जाती है। पूजाविधि और स्तोत्रपाठादि चैत्रके समान हैं। कथा यह है कि हस्तिनापुरके राजा इन्द्रद्युम्नकी धर्मशीला नामकी रानीके महाधर्म नामका पुत्र और गुणोत्तमा नामकी पुत्री थी। समयपर पुत्रीका विवाह हुआ। रथारूढ़ होकर पति-पत्नी घर गये। दैवयोगसे रास्तेमें पति अदृश्य हो गये। पतिवियोग मानकर पत्नीने विलाप किया। अन्तमें शीतल उपचारोंसे शीतलादेवीका पूजन करनेसे पतिदेव प्रकट हुए और प्रसन्नचित्तसे घर जाकर सुखपूर्वक जीवन व्यतीत किये।

(६) कुमारीपूजा (निर्णयामृत, भविष्योत्तर)—श्रावण कृष्ण और शुक्ल दोनों पक्षकी नवमीको चाँदीकी बनी हुई कुमारी नामकी देवीका पूजन करे। मलयज चन्दन, कनेरके पुष्प, दशांग धूप, घृतपूर्ण दीपक और घीमें पकाये हुए मोदकादिसे पूजन करके ब्राह्मण, ब्राह्मणी और कुमारीको भोजन करावे। स्वयं बिल्वपत्र भक्षण करे तो परम तत्त्व प्राप्त होता है।

(७) कृष्णैकादशी (ब्रह्मवैवर्त०)—श्रावण कृष्ण एकादशीको उपवास करके श्रीकृष्णका पूजन करे। तुलसीदल और उसकी

मंजरी चढ़ावे। घीका दीपक प्रज्वलित रखे और यथाशक्ति दान दे तो अनन्त फल होता है। इसका नाम 'कामिका' है।

(८) **प्रदोषव्रत**—यह प्रत्येक त्रयोदशीको किया जाता है। परंतु श्रावणमें सोम-प्रदोष हो तो वह विशेष फल देता है। उस दिन ग्रामसे बाहर किसी पुष्पोद्यानके शिवमन्दिरमें जाकर शिव-पूजन करे और दो घड़ी रात्रि जानेसे पहले एक बार भोजन करे तो शिवजी प्रसन्न होते हैं। इसके सिवा श्रावणमें शिवजीके प्रीत्यर्थ चार सोमव्रत और होते हैं, जो श्रावणके अन्तर्गत ही हैं।

(९) **अमाव्रत**—देशभेदके अनुसार श्रावण कृष्ण अमावस्याको 'हरिता' (या हरियाली अमा) कहते हैं। इस दिन किसी एकान्त स्थानके जलाशयपर जाकर स्नान-दानादि करे और ब्राह्मणोंको भोजन करावे तो पितृगण प्रसन्न होते हैं।

शुक्लपक्ष

(१) **दूर्वागणपति** (सौरपुराण)—यह व्रत श्रावण शुक्ल चतुर्थीको किया जाता है। इसमें मध्याह्नव्यापिनी चतुर्थी ली जाती है। यदि वह दो दिन हो या दोनों दिन न हो तो '**मातृविद्धा प्रशस्यते**' के अनुसार पूर्वविद्धा व्रत करना चाहिये। उस दिन प्रातःस्नानादि करके सुवर्णके गणेशजी बनवावे जो एकदन्त, चतुर्भुज, गजानन और स्वर्णसिंहासनस्थ हों। उनके अतिरिक्त सोनेकी दूर्वा बनवावे। फिर सर्वतोभद्र-मण्डलपर कलश स्थापन करके उसमें स्वर्णमय दूर्वा लगाकर उसपर उक्त गणेशजीका स्थापन करे। उनको रक्तवस्त्रादिसे विभूषित करे और अनेक प्रकारके सुगन्धित पत्र, पुष्पादिसे पूजन करे। बेलपत्र, अपामार्ग, शमीपत्र, दूब और तुलसीपत्र अर्पण करे। फिर नीराजन करके '**गणेश्वर गणाध्यक्ष गौरीपुत्र गजानन। व्रतं सम्पूर्णतां यातु त्वत्प्रसादादिभानन॥**' इससे प्रार्थना करे। इस प्रकार तीन या पाँच वर्ष करनेसे सम्पूर्ण अभीष्ट सिद्ध होते हैं।

(२) नागपंचमी—यह व्रत श्रावण शुक्ल पंचमीको किया जाता है। लोकाचार या देश-भेदवश किसी जगह कृष्णपक्षमें भी होता है। इसमें परविद्धा पंचमी ली जाती है। इस दिन सर्पोंको दूधसे स्नान और पूजन कर दूध पिलानेसे, वासुकीकुण्डमें स्नान करने, निज गृहके द्वारमें दोनों ओर गोबरके सर्प बनाकर उनका दधि, दूर्वा, कुशा, गन्ध, अक्षत, पुष्प, मोदक और मालपुआ आदिसे पूजा करने और ब्राह्मणोंको भोजन कराकर एकभुक्त व्रत करनेसे घरमें सर्पोंका भय नहीं होता है। यदि '**ॐ कुरुकुल्ये हुं फट् स्वाहा**' के परिमित जप करे तो सर्पविष दूर होता है।

(३) पापनाशिनी सप्तमी (हेमाद्रि)—यह व्रत श्रावण शुक्ल सप्तमीको हस्त नक्षत्र होनेसे उदयव्यापिनीमें किया जाता है। उस दिन जगद्गुरु चित्रभानुका पूजन करके दान, पुण्य, हवन और व्रत करे तो किये हुएका अक्षय फल होता है और प्रत्येक प्रकारके पाप, ताप दूर हो जाते हैं।

(४) दुर्गाव्रत (देवीपुराण)—श्रावण शुक्ल अष्टमीको प्रातः-स्नानादि नित्यकर्म करके पुनः स्नान करे और भीगे वस्त्र धारण किये हुए ही देवीको स्नान कराके खीरका नैवेद्य भोग लगावे और स्वयं भी उसीका एक बार भोजन करे तो भगवती दुर्गाकी प्रसन्नता प्राप्त होती है।

(५) शुक्लैकादशीव्रत (भविष्यपुराण)—श्रावण शुक्लकी एकादशी पवित्रा, पुत्रदा और पापनाशिनी होती है। इसके लिये पहले दिन मध्याह्नमें हविष्यान्नका एकभुक्तव्रत करके एकादशीको प्रातः-स्नानादिके अनन्तर '**मम समस्तदुरितक्षयपूर्वकं श्रीपरमेश्वर-प्रीत्यर्थं श्रावणशुक्लैकादशीव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके भक्तिभाव और विधानसहित भगवान्‌का पूजन करे और अनेक प्रकारके फल, पत्र, पुष्प और नैवेद्य अर्पण करके नीराजन करे। उसके बाद रात्रिके समय गायन, वादन, नर्तन, कीर्तन और कथा

श्रवण करते हुए जागरण करे। दूसरे दिन पारणा करके यथाशक्ति ब्राह्मण-भोजन करवाकर स्वयं भोजन करे। इस व्रतसे पापोंका नाश और पुत्रादिकी प्राप्ति होती है। पहले द्वापरयुगके आदिमें माहिष्मतीके राजा महीजित्के पुत्र नहीं था। उससे राजा-प्रजा दोनों चिन्तित थे। उन्होंने घोर वनमें तप करते हुए लोमश ऋषिसे प्रार्थना की, तब उन्होंने श्रावण शुक्ल एकादशीका व्रत करनेकी आज्ञा दी। तदनुसार ग्रामवासियोंसहित राजाने व्रत किया और उसके प्रभावसे उनको पुत्र प्राप्त हुआ।

(६) पवित्रार्पणविधि (बहुसम्मत)—श्रावण शुक्ल एकादशीको भगवान्को पवित्रक अर्पण किया जाता है। यद्यपि साधारण रूपमें बाजारसे लाये हुए रेशम या सूत्रके पवित्रक उपयोगमें आते हैं, किंतु शास्त्रमें इनका पृथक् विधान है। उसके अनुसार मणि, रत्न, सोना, चाँदी, ताँबा, रेशम, सूत, त्रिसर, पद्मसूत्र, कुशा, काश, मूँज, सन, बल्कल, कपास और अन्य प्रकारके रेशे आदिसे पवित्रक बनवावे अथवा सौभाग्यवती स्त्रीसे सूत कतवाकर उसके तीन तारोंको त्रिगुणित करके उनसे बनावे। रेशमका पवित्रक हो तो उसमें अंगूठेके पर्वके समान यथासामर्थ्य ३६०, २७०, १८०, १०८, ५४ या २७ गाँठ लगावे। उसकी लम्बाई जानु, जंघा या नाभिपर्यन्त करे और उसको पंचगव्यसे प्रोक्षण करके शुद्ध जलसे अभिषिक्त करे। फिर '**ॐ नमो नारायणाय**' का १०८ बार जप करके शंखोदकका छींटा दे और रात्रिभर रखकर व्रतके दूसरे दिन धारण करावे। उस समय घृतप्लावित एकाधिक बत्ती या कपूर जलाकर आरती करे और '**मणिविद्रुममालाभिर्मन्दारकुसुमादिभिः। इयं सांवत्सरी पूजा तवास्तु गरुडध्वज॥**' '**वनमाला यथा देव कौस्तुभः सततं हृदि। पवित्रमस्तु ते तद्वत् पूजां च हृदये वह॥**' यह श्लोक पढ़कर प्रणाम करे। सत्ययुगमें मणि आदि रत्नोंके, त्रेतामें सुवर्णके, द्वापरमें रेशमके और कलियुगमें सूत्रके पवित्रक धारण करानेयोग्य होते हैं और यतिलोग

मानसनिर्मित पवित्रक अर्पण करते हैं। विशेष वर्णन विष्णुरहस्य, स्मृति-कौस्तुभ, रामार्चनचन्द्रिका, नृसिंहपरिचर्या और शिवार्चनचन्द्रिका आदिसे विदित हो सकता है।

(७) **दधिव्रत** (महाभारत-दानधर्म)—श्रावण शुक्ल द्वादशीको दधिव्रत किया जाता है। उसमें दहीका उपयोग किया जाता है। यदि उस दिन श्रीधर भगवान्‌को विमानमें विराजितकर अहोरात्र आनन्दोत्सव करे तो उससे पंचयज्ञके समान फल होता है।*

(८) **प्रदोषव्रत**—इस विषयमें पहलेके महीनोंमें बहुत-सा विधान प्रकाशित हो चुका है, तदनुसार श्रावण शुक्ल त्रयोदशीको प्रदोषव्रत करना चाहिये।

(९) **रक्षाबन्धन** (मदनरत्न—भविष्योत्तरपुराण)—यह श्रावण शुक्ल पूर्णिमाको होता है। इसमें पराह्णव्यापिनी तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन हो या दोनों ही दिन न हो तो पूर्वा लेनी चाहिये। यदि उस दिन भद्रा हो तो उसका त्याग करना चाहिये। भद्रामें श्रावणी और फाल्गुनी दोनों वर्जित हैं; क्योंकि श्रावणीसे राजाका और फाल्गुनीसे प्रजाका अनिष्ट होता है। व्रतीको चाहिये कि उस दिन प्रातःस्नानादि करके वेदोक्त विधिसे रक्षाबन्धन, पितृतर्पण और ऋषिपूजन करे। शूद्र हो तो मन्त्रवर्जित स्नान-दानादि करे। रक्षाके लिये किसी विचित्र वस्त्र या रेशम आदिकी 'रक्षा' बनावे। उसमें सरसों, सुवर्ण, केसर, चन्दन, अक्षत और दूर्वा रखकर रंगीन सूतके डोरेमें बाँधे और अपने मकानके शुद्ध स्थानमें कलशादि स्थापन करके उसपर उसका यथाविधि पूजन करे। फिर उसे राजा, मन्त्री, वैश्य या शिष्ट शिष्यादिके दाहिने हाथमें '**येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वामनुबध्नामि रक्षे मा चल मा चल॥**' इस मन्त्रसे बाँधे। इसके बाँधनेसे वर्षभरतक

---

* अहोरात्रेण द्वादश्यां श्रावणे मासि श्रीधरम्।
पंचयज्ञमवाप्नोति विमानस्थश्च मोदते॥

पुत्र-पौत्रादिसहित सब सुखी रहते हैं।* कथा यों है कि एक बार देवता और दानवोंमें बारह वर्षतक युद्ध हुआ, पर देवता विजयी नहीं हुए, तब बृहस्पतिजीने सम्मति दी कि युद्ध रोक देना चाहिये। यह सुनकर इन्द्राणीने कहा कि मैं कल इन्द्रके रक्षा बाँधूँगी, उसके प्रभावसे इनकी रक्षा रहेगी और यह विजयी होंगे। श्रावण शुक्ल पूर्णिमाको वैसा ही किया गया और इन्द्रके साथ सम्पूर्ण देवता विजयी हुए।

(१०) **श्रवणपूजन** (व्रतोत्सव)—श्रावण शुक्ल पूर्णिमाको नेत्रहीन माता-पिताका एकमात्र पुत्र श्रवण (जो उनकी दिन-रात सेवा करता था) एक बार रात्रिके समय जल लानेको गया। वहीं कहीं हिरणकी ताकमें दशरथजी छिपे थे। उन्होंने जलसे घड़ेके शब्दको पशुका शब्द समझकर बाण छोड़ दिया, जिससे श्रवणकी मृत्यु हो गयी। यह सुनकर उसके माता-पिता बहुत दुःखी हुए। तब दशरथजीने उनको आश्वासन दिया और अपने अज्ञानमें किये हुए अपराधकी क्षमा-याचना करके श्रावणीको श्रवणपूजाका सर्वत्र प्रचार किया। उस दिनसे सम्पूर्ण सनातनी श्रवणपूजा करते हैं और उक्त रक्षा सर्वप्रथम उसीको अर्पण करते हैं।

(११) **ऋषितर्पण** (उपाकर्मपद्धति आदि)—यह श्रावण शुक्ल पूर्णिमाको किया जाता है। इसमें ऋक्, यजुः, सामके स्वाध्यायी ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य जो ब्रह्मचर्य, गृहस्थ या वानप्रस्थ किसी आश्रमके हों अपने-अपने वेद, कार्य और क्रियाके अनुकूल कालमें इस कर्मको सम्पन्न करते हैं। इसका आद्योपान्त पूरा विधान यहाँ नहीं लिखा जा सकता और बहुत संक्षिप्त लिखनेसे उपयोगमें भी

---

* यः श्रावणे विमलमासि विधानविज्ञो
रक्षाविधानमिदमाचरते मनुष्यः।
आस्ते सुखेन परमेण स वर्षमेकं
पुत्रप्रपौत्रसहितः ससुहृज्जनः स्यात्॥

नहीं आ सकता है। अतः सामान्यरूपमें यही लिखना उचित है कि उस दिन नदी आदिके तटवर्ती स्थानमें जाकर यथाविधि स्नान करे। कुशानिर्मित ऋषियोंकी स्थापना करके उनका पूजन, तर्पण और विसर्जन करे और रक्षा-पोटलिका बनाकर उसका मार्जन करे। तदनन्तर आगामी वर्षका अध्ययनक्रम नियत करके सायंकालके समय व्रतकी पूर्ति करे। इसमें उपाकर्मपद्धति आदिके अनुसार अनेक कार्य होते हैं, वे सब विद्वानोंसे जानकर यह कर्म प्रतिवर्ष सोपवीती प्रत्येक द्विजको अवश्य करना चाहिये। यद्यपि उपाकर्म चातुर्मासमें किया जाता है और इन दिनों नदियाँ रजस्वला होती हैं, तथापि '**उपाकर्मणि चोत्सर्गे प्रेतस्नाने तथैव च। चन्द्रसूर्यग्रहे चैव रजोदोषो न विद्यते॥**' इस वसिष्ठ-वाक्यके अनुसार उपाकर्ममें उसका दोष नहीं माना जाता।

(१२) **मंगला गौरीव्रत** (व्रतराज, भविष्यपुराण)—यह व्रत विवाहके बाद स्त्रीको पाँच वर्षोंतक प्रति श्रावणमें प्रति भौमवारको करना चाहिये। विवाहके बाद प्रथम श्रावणमें पीहरमें तथा अन्य चार वर्षोंमें पतिगृहमें ही यह व्रत करना चाहिये। इसकी विधि यह है कि देश-कालादिका कीर्तन कर '**मम पुत्रपौत्रसौभाग्यवृद्धये श्रीमंगला-गौरीप्रीत्यर्थं पंचवर्षपर्यन्तं मंगलागौरीव्रतं करिष्ये॥**' ऐसा संकल्प कर पीठके ऊपर गौरीको पधराकर उनके सामने लोक-व्यवहारानुसार पिट्ठेका पत्थर, रत्न बनाकर रखे। आँटेका एक बड़ा-सा १६ मुखवाला दीपक १६ बत्तियोंसे युक्त घृतपूरित कर प्रज्वलित करे। फिर षोडशोपचारसे भगवती गौरीकी पूजा करे। फिर बाँसके पात्रमें सौभाग्यादि द्रव्योंको रखकर '**अन्नकंचुकिसंयुक्तं सवस्त्रफलदक्षिणम्। वायनं गौरि विप्राय ददामि प्रीतये तव॥ सौभाग्यारोग्यकामानां सर्वसम्पत्समृद्धये। गौरीगिरीशतुष्ट्यर्थं वायनं ते ददाम्यहम्॥**' इन दोनों मन्त्रोंसे वायन दे। फिर माताको सौभाग्य द्रव्यके साथ लड्डू, कंचुकी, फल, वस्त्रके

साथ ताम्रपात्रमें वायन दे। फिर १६ मुँहवाले दीपकसे नीराजन (आरती) करे। फिर थोड़ा-सा दीपका पिष्ठ तथा बिना नमकका अन्न खाकर रातको जागरण करे तथा प्रात:कालमें गौरीका विसर्जन कर दे।

कथाका सार यह है कि कुण्डिन नगरमें एक धर्मपाल नामका धनी सेठ था। उसको कोई पुत्र न था। इसलिये दम्पति बड़े व्याकुल थे। उनके यहाँ प्रतिदिन एक जटा-रुद्राक्षमाल्यधारी भिक्षुक आया करता था। पतिकी सम्मतिसे एक दिन सेठानीने भिक्षुककी झोलीमें छिपाकर सोना डाल दिया। इसपर भिक्षुकने उसे अनपत्यता (संतानहीनता)-का शाप दे डाला। फिर बहुत अनुनय करनेपर गौरीकी कृपासे उसे एक अल्पायु पुत्र प्राप्त हुआ, जिसे गणपतिने १६ वें वर्ष सर्पदंशनका शाप दे दिया था। पर काशीके मार्गमें उस बालकका विवाह एक ऐसी कन्यासे हुआ जिसकी माताने मंगला गौरीव्रत किया था, इसलिये वह शतायु हो गया और मंगला गौरीकी कृपासे न तो साँप ही डँस सका न यमदूत ही १६ वें वर्ष उसके प्राण ले जा सके। वे जब कुण्डिनपुर लौटे तो माता-पिताने उनका बड़ा सोल्लास स्वागत किया।

भाद्रपदके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) **कज्जलीतृतीया** (कृत्यरत्नावली)—यद्यपि यह व्रत वाक्य-विशेष या देश-भेदसे श्रावणमें किया जाता है, किंतु भाद्रपद कृष्ण तृतीयाको व्यापकरूपमें होता है। माहेश्वरी वैश्य इस दिन जौ, गेहूँ, चने और चावलके सत्तूमें घी, मीठा और मेवा डालकर उसके कई पदार्थ बनाते और चन्द्रोदयके बाद उसीका एक बार भोजन करते हैं। इस कारण यह व्रत 'सातूड़ी तीज' अथवा 'सतवा तीज' कहलाता है।

(२) **विशालाक्षीयात्रा** (काशीखण्ड)—इसके निमित्त भाद्रपद कृष्ण तृतीयाको व्रत किया जाता है। इसमें रात्रिव्यापिनी तिथि लेते हैं। इस दिन केवल उपवास और जागरण किया जाता है और भाद्रपद शुक्ल तृतीयाको सुवर्णनिर्मित गौरीका गन्धादिसे पूजन करते हैं। नैवेद्यमें गुड़के पूआ और यात्रामें विशालाक्षी मुख्य हैं।

(३) **संकष्टचतुर्थी** (भविष्योत्तर)—यह परिचित व्रत प्रत्येक कृष्ण चतुर्थीको होता है। इसमें चन्द्रोदयव्यापिनी तिथि ली जाती है। रात्रिमें चन्द्रमाको अर्घ्य देकर और पूजनीय पुरुषोंको वायन देकर भोजन किया जाता है। विशेष विधान पहले लिखा जा चुका है।

(४) **बहुलाव्रत**—यह मध्यप्रदेशमें भाद्रपद कृष्ण चतुर्थीको किया जाता है।

(५) **चन्द्रषष्ठी** (भविष्यपुराण)—यह भाद्र कृष्ण षष्ठीको किया जाता है। इसमें चन्द्रोदयव्यापिनी तिथि ली जाती है। इसे विशेषकर विवाहिता या अविवाहिता लड़कियाँ ही करती हैं और चन्द्रोदय होनेपर उन्हें अर्घ्य देती हैं।

(६) **पुत्रव्रत** (वाराहपुराण)—इसके लिये भाद्रपद कृष्ण

सप्तमीको उपवासकर विष्णुका पूजन करे और दूसरे दिन '**ॐ क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा**' इस मन्त्रसे तिलोंकी १०८ आहुति देकर ब्राह्मणोंको भोजन करावे और बिल्वफल खाकर षड्रस (मधुर, अम्ल, लवण, कषाय, तिक्त और कटु) भक्षण करे। इस प्रकार प्रत्येक कृष्ण सप्तमीको करके वर्ष व्यतीत होनेपर दो गोदान करे तो पुत्रकी प्राप्ति होती है।

(७) **जन्माष्टमी** (शिव, विष्णु, ब्रह्म, वह्नि, भविष्यादि)—यह व्रत भाद्रपद कृष्ण अष्टमीको किया जाता है। भगवान् श्रीकृष्णका जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी बुधवारको रोहिणी नक्षत्रमें अर्धरात्रिके समय वृषके चन्द्रमामें हुआ था। अतः अधिकांश उपासक उक्त बातोंमें अपने-अपने अभीष्ट योगका ग्रहण करते हैं। शास्त्रमें इसके शुद्धा और विद्धा दो भेद हैं। उदयसे उदयपर्यन्त शुद्धा और तद्गत सप्तमी या नवमीसे विद्धा होती है। शुद्धा या विद्धा भी—समा, न्यूना या अधिकाके भेदसे तीन प्रकारकी हो जाती हैं और इस प्रकार अठारह भेद बन जाते हैं, परंतु सिद्धान्तरूपमें तत्कालव्यापिनी (अर्धरात्रिमें रहनेवाली) तिथि अधिक मान्य होती है। वह यदि दो दिन हो—या दोनों ही दिन न हो तो (सप्तमीविद्धाको सर्वथा त्यागकर) नवमी-विद्धाका ग्रहण करना चाहिये। यह सर्वमान्य और पापघ्नव्रत बाल, कुमार, युवा और वृद्ध—सभी अवस्थावाले नर-नारियोंके करनेयोग्य है। इससे उनके पापोंकी निवृत्ति और सुखादिकी वृद्धि होती है। जो इसको नहीं करते, उनको पाप होता है। इसमें अष्टमीके उपवाससे पूजन और नवमीके (तिथिमात्र) पारणासे व्रतकी पूर्ति होती है। व्रत करनेवालेको चाहिये कि उपवासके पहले दिन लघु भोजन करे। रात्रिमें जितेन्द्रिय रहे और उपवासके दिन प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करके सूर्य, सोम, यम, काल, सन्धि, भूत, पवन, दिक्पति, भूमि, आकाश, खेचर, अमर और ब्रह्म आदिको नमस्कार करके पूर्व या

उत्तर मुख बैठे; हाथमें जल, फल, कुश, फूल और गन्ध लेकर '**ममाखिलपापप्रशमनपूर्वकसर्वाभीष्टसिद्धये श्रीकृष्णजन्माष्टमीव्रतमहं करिष्ये**' यह संकल्प करे और मध्याह्नके समय काले तिलोंके जलसे स्नान करके देवकीजीके लिये 'सूतिकागृह' नियत करे। उसे स्वच्छ और सुशोभित करके उसमें सूतिकाके उपयोगी सब सामग्री यथाक्रम रखे। सामर्थ्य हो तो गाने-बजानेका भी आयोजन करे। प्रसूतिगृहके सुखद विभागमें सुन्दर और सुकोमल बिछौनेके सुदृढ़ मंचपर अक्षतादिका मण्डल बनवाकर उसपर शुभ कलश स्थापन करे और उसीपर सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, मणि, वृक्ष, मिट्टी या चित्ररूपकी मूर्ति स्थापित करे। मूर्तिमें सद्यःप्रसूत श्रीकृष्णको स्तनपान कराती हुई देवकी हों और लक्ष्मीजी उनके चरण स्पर्श किये हुए हों—ऐसा भाव प्रकट रहे। इसके बाद यथासमय भगवान्‌के प्रकट होनेकी भावना करके वैदिक विधिसे, पौराणिक प्रकारसे अथवा अपने सम्प्रदायकी पद्धतिसे पंचोपचार, दशोपचार, षोडशोपचार या आवरणपूजा आदिमें जो बन सके वही प्रीतिपूर्वक करे। पूजनमें देवकी, वसुदेव, वासुदेव, बलदेव, नन्द, यशोदा और लक्ष्मी—इन सबका क्रमशः नाम निर्दिष्ट करना चाहिये। ……अन्तमें '**प्रणमे देवजननीं त्वया जातस्तु वामनः। वसुदेवात्** तथा **कृष्णो नमस्तुभ्यं नमो नमः॥ सपुत्रार्घ्यं प्रदत्तं मे गृहाणेमं नमोऽस्तु ते।**' से देवकीको अर्घ्य दे और '**धर्माय धर्मेश्वराय धर्मपतये धर्मसम्भवाय गोविन्दाय नमो नमः।**' से श्रीकृष्णको 'पुष्पांजलि' अर्पण करे। तत्पश्चात् जातकर्म, नालच्छेदन, षष्ठीपूजन और नामकरणादि करके '**सोमाय सोमेश्वराय सोमपतये सोमसम्भवाय सोमाय नमो नमः।**' से चन्द्रमाका पूजन करे और फिर शंखमें जल, फल, कुश, कुसुम और गन्ध डालकर दोनों घुटने जमीनमें लगावे और '**क्षीरोदार्णवसंभूत अत्रिनेत्रसमुद्भव। गृहाणार्घ्यं शशांकेमं रोहिण्या सहितो मम॥ ज्योत्स्नापते नमस्तुभ्यं**

नमस्ते ज्योतिषां पते। नमस्ते रोहिणीकान्त अर्घ्यं मे प्रतिगृह्यताम्॥' से चन्द्रमाको अर्घ्य दे और रात्रिके शेष भागको स्तोत्र-पाठादि करते हुए बितावे। उसके बाद दूसरे दिन पूर्वाह्णमें पुनः स्नानादि करके जिस तिथि या नक्षत्रादिके योगमें व्रत किया हो उसका अन्त होनेपर पारणा करे। यदि अभीष्ट तिथि या नक्षत्रादिके समाप्त होनेमें विलम्ब हो तो जल पीकर पारणाकी पूर्ति करे।

(८) उमा-महेश्वरव्रत (हेमाद्रि)—यह भाद्रपद कृष्ण अष्टमीको करना चाहिये। इसमें सायंकालके समय उमा और महेश्वरका पूजन करके एकभुक्त व्रत करे।

(९) कालाष्टमी (हेमाद्रि)—यदि भाद्रपद कृष्ण अष्टमीको मृगशिरा हो तो शिवपूजन करके यह व्रत करे।

(१०) गोगानवमी (व्रतोत्सव)—यह व्यापक व्रत नहीं है। लोकाचारमें इसका प्राधान्य है। इसके लिये कुम्हारलोग काली मिट्टीकी एक मूर्ति बनाते हैं। वह वीर पुरुषकी होती है। उसे भाद्रपद कृष्ण नवमीको प्रातः सद्गृहस्थोंके घरोंमें ले जाते हैं और पूजन करवाके ले आते हैं। देखा जाता है कि अधिकांश गृहस्थ उस अश्वारूढ मूर्तिको अपूप और श्रावणीका रक्षासूत्र अर्पण करते हैं।

(११) दुर्गाबोधन (देवीपुराण)—यह व्रत यदि भाद्रपद कृष्ण नवमीको आर्द्रा हो तो उसमें गायन-वादनादिके साथ देवीका पूजन करनेसे सम्पन्न होता है।

(१२) कृष्णैकादशीव्रत (ब्रह्मवैवर्त)—यह सुपरिचित व्रत भाद्रपद कृष्ण एकादशीको किया जाता है। इसका नाम 'अजा' एकादशी है। इसके व्रतसे पुनर्जन्मकी बाधा दूर हो जाती है। प्राचीन कालमें चक्रवर्ती हरिश्चन्द्रने इसी व्रतसे अपनी बिगड़ी हुई दशासे उद्धार पाया था।

(१३) वत्सद्वादशी (व्रतोत्सव)—इसमें भाद्रपद कृष्ण द्वादशीको मध्याह्नसे पहले गोवत्सका पूजन करके (उनको पहले दिनके भिगोकर उगाये हुए) मूँग, मोठ और बाजरेका नैवेद्य भोग लगाते हैं और बाड़ करेलेकी बेलिसे उसको सुशोभित करते हैं। व्रतवाली स्त्रियोंकी भोजन-सामग्रीमें मूँग, मोठ और बाजरेका ही प्राधान्य होता है। इसमें दूध, दही या घी (गौका नहीं) भैंसका बर्तते हैं।

(१४) प्रदोषव्रत (स्कन्दपुराण)—इस सुप्रसिद्ध व्रतके विधि-विधान गत महीनोंमें प्रकाशित हो चुके हैं। विशेषता यह है कि भाद्रपदके सोमप्रदोषसे महाफल मिलता है।

(१५) कुशग्रहणी (मदनरत्न)—यह भाद्रपद कृष्ण अमावास्याके पूर्वाह्णमें मानी जाती है। शास्त्रमें—'**कुशाः काशा यवा दूर्वा उशीराश्च सकुन्दकाः। गोधूमा ब्राह्मयो मौंजा दश दर्भाः सबल्वजाः ॥**'—दस प्रकारका कुश बतलाया है। इनमें जो मिल सके उसीको ग्रहण करे। जिस कुशाका मूल सुतीक्ष्ण हो, उसमें सात पत्ती हों, अग्रभाग कटा न हो और हरा हो, वह देव और पितृ दोनों कार्योंमें बर्तने योग्य होती है। उसके लिये अमावास्याको दर्भस्थलमें जाकर पूर्व या उत्तर मुख बैठे और '**विरंचिना सहोत्पन्न परमेष्ठिन्निसर्गज। नुद सर्वाणि पापानि दर्भ स्वस्तिकरो भव॥ हुँ फट्।**' यह मन्त्र उच्चारण करके कुशाको दाहिने हाथसे उखाड़े (और इस प्रकार जितनी चाहिये, ले आवे)।

शुक्लपक्ष

(१) महत्तमाख्यशिवव्रत (स्कन्दपुराण)—यह व्रत भाद्रपद शुक्ल प्रतिपद्को किया जाता है। इसके लिये जटामण्डित और त्रिशूल, कपाल तथा कुण्डिकादिसे संयुक्त, चन्द्रादिसे सुशोभित, त्रिनेत्र शिवजीकी सुवर्णमयी मूर्ति बनवाकर भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदाको उसे विधिपूर्वक स्थापित किये हुए कलशपर स्थापितकर

यथाप्राप्त उपचारोंसे पूजन करे और नैवेद्यमें अड़तालीस फल या मोदक अथवा मिष्टान्नादि अर्पण करके उनमेंसे १६ देवताओंको और १६ ब्राह्मणोंको अर्पण करे, शेष १६ अपने लिये रखे और '**प्रसीद देवदेवेश चराचरजगद्गुरो। वृषध्वज महादेव त्रिनेत्राय नमो नमः॥**' से प्रार्थना करके दूध देनेवाली गौका दान करे और एक बार भोजन कर व्रतको समाप्त करे। इससे पापनाश होता है तथा राज्य, धन, पुत्र, स्त्री, आरोग्य और आयु आदिकी प्राप्ति होती है।

(२) मौनव्रत (स्कन्दपुराण)—यह व्रत भाद्रपद शुक्ल प्रतिपद्को पूर्ण होता है, किंतु श्रावण शुक्ल पूर्णिमासे ही इसका प्रारम्भ किया जाता है। उस दिन किसी जलाशयपर जाकर स्नान करे और कोमल दूर्वाके १६ अंकुरोंका डोरा बनाकर उसमें १६ गाँठ लगावे; फिर गन्धादिसे उसका पूजनकर स्त्री बाँयें हाथमें और पुरुष दाहिने हाथमें धारण करे। इसके बाद जल लाने, गेहूँ पीसने, उनसे नैवेद्य बनाने और अन्य आयोजन करने आदिमें सर्वथा मौन रहे। तत्पश्चात् भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदाको जलाशयपर जाकर स्नानादि नित्यकर्म करके देव, ऋषि, मनुष्य और पितरोंका तर्पण करे और फिर सदाशिवका आवाहनादि षोडशोपचारसे पूजन करके '**जन्मजन्मान्तरेष्वेव भावाभावेन यत् कृतम्। क्षन्तव्यं देव तत् सर्वं शम्भो त्वां शरणं गतः॥**' से प्रार्थना करे। इस प्रकार १६ दिन करके भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदाको ब्राह्मण-भोजनादि करवाकर स्वयं भोजन करे तो इससे पुत्र-पौत्रादिकी प्राप्ति और पापादिकी निवृत्ति होती है।

(३) हरितालिका (भविष्योत्तरपुराण)—'**भाद्रस्य कजली कृष्णा शुक्ला च हरितालिका।**' के अनुसार भाद्रशुक्ल ३ को 'हरितालिका' का व्रत किया जाता है। इसमें मुहूर्तमात्र हो तो भी परा तिथि ग्राह्य की जाती है। (क्योंकि द्वितीया पितामहकी और चतुर्थी

पुत्रकी तिथि है; अतः द्वितीयाका योग निषेध और चतुर्थीका योग श्रेष्ठ होता है।) शास्त्रमें इस व्रतके लिये सधवा, विधवा सबको आज्ञा है। धर्मप्राणा स्त्रियोंको चाहिये कि वे '**मम उमामहेश्वरसायुज्यसिद्धये हरितालिकाव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके मकानको मण्डपादिसे सुशोभितकर पूजा-सामग्री एकत्र करे। इसके बाद कलशस्थापन करके उसपर सुवर्णादि-निर्मित शिव-गौरी (अथवा पूर्वप्रतिष्ठित हर-गौरी)-के समीप बैठकर उनका '**सहस्त्रशीर्षा०**' आदि मन्त्रोंसे पुष्पार्पणपर्यन्त पूजन करके '**ॐ उमायै० पार्वत्यै० जगद्धात्र्यै० जगत्प्रतिष्ठायै० शान्तिरूपिण्यै० शिवायै०** और **ब्रह्मरूपिण्यै नमः**' से उमाके और '**ॐ हराय० महेश्वराय० शम्भवे० शूलपाणये० पिनाकधृषे० शिवाय० पशुपतये** और **महादेवाय नमः**' से महेश्वरके नामोंसे स्थापन और पूजन करके धूप-दीपादिसे शेष षोडश उपचार सम्पन्न करे और '**देवि देवि उमे गौरि त्राहि मां करुणानिधे। ममापराधाः क्षन्तव्या भुक्तिमुक्तिप्रदा भव॥**' से प्रार्थना करे और निराहार रहे। दूसरे दिन पूर्वाह्णमें पारणा करके व्रतको समाप्त करे। इस प्रकार नियत अवधि पूर्ण होनेपर या भाद्रपद शुक्ल ३ को हस्तनक्षत्र और सोमवार हो तो रात्रिके समय मण्डलपर उमा-महेश्वरकी मूर्ति स्थापित करके उनका यथाविधि पूजन करे और तिल, घी आदिसे आहुति देकर दूसरे दिन अष्टयुग्म या षोडशयुग्म (जोड़ा-जोड़ी)-को भोजन कराके १६ सौभाग्य-द्रव्य (सुहागटिपारे) दे; फिर स्वयं भोजन करके व्रतका विसर्जन करे। इसी दिन 'हरिकाली', 'हस्तगौरी' और 'कोटीश्वरी' आदिके व्रत भी होते हैं। इन सबमें पार्वतीके पूजनका प्राधान्य है और विशेषकर इनको स्त्रियाँ करती हैं।

(४) **सिद्धिविनायकव्रत** (कृत्यरत्नावली)—यह भाद्रपद शुक्ल चतुर्थीको किया जाता है। इस दिन गणेशजीका मध्याह्नमें जन्म हुआ

था, अतः इसमें मध्याह्नव्यापिनी तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन हो या दोनों दिन न हो तो '**मातृविद्धा प्रशस्यते**' के अनुसार पूर्वविद्धा लेनी चाहिये। इस दिन रवि या भौमवार हो तो यह 'महाचतुर्थी' हो जाती है। इस दिन रात्रिमें चन्द्रदर्शन करनेसे मिथ्या कलंक लग जाता है। उसके निवारणके निमित्त स्यमन्तककी कथा श्रवण करना आवश्यक है*। अस्तु, व्रतके दिन प्रातःस्नानादि करके '**मम सर्वकर्मसिद्धये सिद्धिविनायकपूजनमहं करिष्ये**' से संकल्प करके 'स्वस्तिक' मण्डलपर प्रत्यक्ष अथवा स्वर्णादिनिर्मित मूर्ति स्थापन करके पुष्पार्पणपर्यन्त पूजन करे और फिर १३ 'नामपूजा' और २१ 'पत्रपूजा' करके धूप, दीपादिसे शेष उपचार सम्पन्न करे। अन्तमें घृतपाचित २१ मोदक अर्पण करके '**विघ्नानि नाशमायान्तु सर्वाणि सुरनायक। कार्यं मे सिद्धिमायातु पूजिते त्वयि धातरि॥**' से प्रार्थना करे और मोदकादि वितरण करके एक बार भोजन करे। इस दिन राजपूताना प्रान्तमें प्राचीन शैलीकी पाठशालाओंके छात्रगण बड़ी धूमधामसे 'गणपतिचतुर्थी' मनाते हैं और महाराष्ट्रदेशमें इसके महोत्सव होते हैं।

(५) **शिवाचतुर्थी** (भविष्यपुराण)—शिवा, शान्ता और सुखा— ये ३ चतुर्थी होती हैं। इनमें भाद्रपद शुक्ल चतुर्थीकी 'शिवा' संज्ञा है। इसमें स्नान, दान, जप और उपवास करनेसे सौगुना फल होता है।

---

* 'श्रीकृष्णकी द्वारकापुरीमें सत्राजित्‌ने सूर्यकी उपासनासे सूर्यसमान प्रकाशवाली और प्रतिदिन आठ भार सुवर्ण देनेवाली 'स्यमन्तक' मणि प्राप्त की थी। एक बार उसे संदेह हुआ कि शायद श्रीकृष्ण इसे छीन लेंगे। यह सोचकर उसने वह मणि अपने भाई प्रसेनको पहना दी। दैवयोगसे वनमें शिकारके लिये गये हुए प्रसेनको सिंह खा गया और सिंहसे वह मणि 'जाम्बवान्' छीन ले गये। इससे श्रीकृष्णपर यह कलंक लग गया कि 'मणिके लोभसे उन्होंने प्रसेनको मार डाला।' अन्तर्यामी श्रीकृष्ण जाम्बवान्‌की गुहामें गये और २१ दिनतक घोर युद्ध करके उनकी पुत्री जाम्बवतीको तथा स्यमन्तकमणिको ले आये। यह देखकर सत्राजित्‌ने वह मणि उन्हींको अर्पण कर दी। कलंक दूर हो गया।'

स्त्रियाँ यदि इस दिन गुड़, घी, लवण और अपूपादिसे अपने सास-श्वशुर या माँ आदिको तृप्त करें तो उनके सौभाग्यकी वृद्धि होती है। (माघ शुक्ल चतुर्थी शान्ता और भौमप्रयुक्त सुखा होती है।)

(६) ऋषिपंचमी (ब्रह्मपुराण)—भाद्रपद शुक्ल पंचमीको ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र वर्णकी स्त्रियोंको चाहिये कि वे नद्यादिपर स्नानकर अपने घरके शुद्ध स्थलमें हरिद्रा आदिसे चौकोर मण्डल बनाकर उसपर सप्तर्षियोंका स्थापन करें और गन्ध, पुष्प, धूप, दीप तथा नैवेद्यादिसे पूजनकर '**कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रोऽथ गौतमः। जमदग्निर्वसिष्ठश्च सप्तैते ऋषयः स्मृताः॥ दहन्तु पापं मे सर्वं गृह्णन्त्वर्घ्यं नमो नमः॥**' से अर्घ्य दें। इसके बाद अकृष्ट (बिना बोयी हुई) पृथ्वीमें पैदा हुए शाकादिका आहार करके ब्रह्मचर्यपालनपूर्वक व्रत करें। इस प्रकार सात वर्ष करके आठवें वर्षमें सप्तर्षियोंकी सुवर्णमय सात मूर्ति बनवाकर कलश-स्थापन करके यथाविधि पूजनकर सात गोदान और सात युग्मक ब्राह्मण-भोजन कराके उनका विसर्जन करें। किसी देशमें इस दिन स्त्रियाँ पंचताड़ी तृण एवं भाईके दिये हुए चावल आदिकी कौए आदिको बलि देकर फिर स्वयं भोजन करती हैं।

(७) सूर्यषष्ठी (भविष्योत्तर)—सप्तमीप्रयुक्त भाद्रपद शुक्ल षष्ठीको स्नान, दान, जप और व्रत करनेसे अक्षय फल होता है। विशेषकर सूर्यका पूजन, गंगाका दर्शन और पंचगव्यप्राशनसे अश्वमेधके समान फल होता है। पूजामें गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य मुख्य हैं।

(८) चम्पाषष्ठी (हेमाद्रि, स्कन्दपुराण)—यदि भाद्रपद शुक्ल षष्ठीको भौमवार, विशाखा नक्षत्र और वैधृति योग हो तो 'चम्पाषष्ठी' होती है। इस निमित्त पंचमीको मनमें संकल्प करके षष्ठीके प्रभातमें सफेद तिल और मृत्तिका मिले हुए जलसे स्नान

करके कलशपर कुंकुमसे १२ आरे बनावे, उनमें रथ, अरुण और सूर्यका (सूर्यके १२ नामोंसे) पूजन करे और ब्राह्मणोंको भोजन कराके स्वयं भोजन करे।

(९) फलसप्तमी (भविष्यपुराण)—भाद्रपद शुक्ल सप्तमीसे आरम्भ करके प्रत्येक शुक्ल सप्तमीको सूर्यका फलोंसे पूजन करे और स्वयं फल-भक्षणकर व्रत करे।

(१०) मुक्ताभरण (हेमाद्रि, भविष्योत्तरपुराण)—भाद्रपद शुक्ल षष्ठीविद्धा सप्तमीको शुद्ध भूमिमें भवानी और शंकरकी मूर्ति लिखकर उनका षोडशोपचार पूजन करे और स्वयं फल खाकर व्रत करे।

(११) श्रीराधाष्टमी (बृहन्नारदीय पुराण पू० अध्याय ११७) भाद्रपद शुक्ला अष्टमीको जगज्जननी पराम्बा भगवती श्रीराधाका जन्म हुआ था, अतएव इस दिन राधा-व्रत करना चाहिये। स्नानादिके उपरान्त मण्डपके भीतर मण्डल बनाकर उसके मध्यभागमें मिट्टी या ताँबेका कलश स्थापित करे। उसके ऊपर ताँबेका पात्र रखे। उस पात्रके ऊपर दो वस्त्रोंसे ढकी हुई श्रीराधाकी सुवर्णमयी सुन्दर प्रतिमा स्थापित करे। फिर वाद्यसंयुक्त षोडशोपचारद्वारा स्नेहपूर्ण हृदयसे उसकी पूजा करे। पूजा ठीक मध्याह्नमें ही करनी चाहिये। शक्ति हो तो पूरा उपवास करे अन्यथा एकभुक्त व्रत करे। फिर दूसरे दिन भक्तिपूर्वक सुवासिनी स्त्रियोंको भोजन कराकर आचार्यको प्रतिमा दान करे। तत्पश्चात् स्वयं भी भोजन करे। इस प्रकार इस व्रतको समाप्त करना चाहिये। विधिपूर्वक राधाष्टमीव्रतके करनेसे मनुष्य व्रजका रहस्य जान लेता तथा राधा-परिकरोंमें निवास करता है।

(१२) दूर्वाष्टमी (भविष्यपुराण)—भाद्रपद शुक्लाष्टमीको उमासहित शिवका षोडशोपचार पूजन करके सात प्रकारके फल, पुष्प, दूर्वा और नैवेद्य अर्पणकर व्रत करे तो धनार्थी, पुत्रार्थी या कामार्थी आदिको धन, पुत्र और कामादि प्राप्त होते हैं।

(१३) महालक्ष्मीव्रत (मदनरत्न, स्कन्दपुराण)—भाद्रपद शुक्ल अष्टमीसे आरम्भ करके आश्विन कृष्ण अष्टमीपर्यन्त प्रतिदिन १६ अंजलि कुल्ले करके प्रातःस्नानादि नित्यकर्मकर चन्दनादिनिर्मित लक्ष्मीकी प्रतिमाका स्थापन करे। उसके समीप सोलह सूत्रके डोरेमें १६ गाँठ लगाकर उनका '**लक्ष्म्यै नमः**' से प्रत्येक गाँठका पूजन करके लक्ष्मीकी प्रतिमाका पूजन करे। (लक्ष्मीपूजनकी विशेष विधि 'सारसंग्रह' में देखनी चाहिये) पूजनके पश्चात् '**धनं धान्यं धरां हर्म्यं कीर्तिमायुर्यशः श्रियम्। तुरगान् दन्तिनः पुत्रान् महालक्ष्मि प्रयच्छ मे॥**' से उक्त डोरेको दाहिने हाथमें बाँधे और हरी दूर्वाके १६ पल्लव और १६ अक्षत लेकर कथा सुने। इस प्रकार करके आश्विन कृष्ण अष्टमीको विसर्जन करे।

(१४) नन्दानवमी (मदनरत्न, भविष्योत्तर)—भाद्रपद शुक्ल 'नन्दानवमी' को दुर्गाका यथाविधि पूजन करके व्रत करनेसे विष्णुलोक प्राप्त होता है। व्रतीको चाहिये कि वह शुक्ल सप्तमीको एकभुक्त व्रत करे और अष्टमीको उपवास करके दुर्गाको दूर्वांकुरोंपर स्थिरकर फल-पुष्पादिसे पूजन करे और रात्रिमें '**ॐ नन्दायै नमः स्वाहा हूँ फट्**' इस मन्त्रसे जप और जागरण करे। फिर नवमीके प्रभातमें चण्डिका देवीका, गुरुका और कुमारीका पूजन करके भोजन करे। स्नान और प्राशनमें कुशोदक उपयोगमें ले। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमीको चार मासपर्यन्त करे।

(१५) दशावतारव्रत (भविष्योत्तर)—यह व्रत भाद्रपद शुक्ल दशमीको किया जाता है। एतन्निमित्त किसी जलाशयपर जाकर स्नान करके देव और पितरोंका तर्पण करे और अपने हाथसे आटेकी दो परो (लगभग ३००ग्राम आटा) लेकर उसके अपूप (पूआ) बनावे और 'मत्स्य, कूर्म, वाराह, नरसिंह, त्रिविक्रम, राम, कृष्ण, परशुराम, बौद्ध और कल्कि' इन दस अवतारोंका यथाविधि पूजन

करे और अपूपादिका भोग लगाकर उनमेंसे दस देवताके, दस ब्राह्मणके और दस अपने रखकर भोजन करे। इस प्रकार दस वर्षतक करे। १-अपूप, २-घेवर, ३-कासार, ४-मोदक, ५-सुहाल, ६-सकरपारे, ७-डोवठे, ८-गुणा, ९-कोकर और १०-पुष्पकर्ण—इन दस पदार्थोंमेंसे प्रतिवर्ष एक-एक पदार्थ देवता आदिको दस-दसकी संख्यामें अर्पण करे तो विष्णुलोककी प्राप्ति होती है।

(१६) शुक्लैकादशी (ब्रह्माण्डपुराण)—भाद्रपद शुक्ल 'पद्मा' एकादशीको प्रातःस्नानादिके अनन्तर भगवान्का यथाविधि पूजन करके उपवास करे और रात्रिके समय हरिस्मरणसहित जागरण करके दूसरे दिन पूर्वाह्णमें पारणा करे।.... यह स्मरण रहे कि प्रभातके समय यदि श्रवण नक्षत्रके मध्यभागकी (लगभग २०) घड़ीका अंश हो तो उसमें पारणा न करे। यह भी स्मरण रहे कि मध्याह्नसे पहले श्रवणका मध्य अंश न उतरे तो जल पीकर पारणा करे।..... प्राचीन कालमें सूर्यवंशके चक्रवर्ती मान्धाताने अपने राज्यकी तीन वर्षकी अनावृष्टिको मिटानेके लिये अंगिरा ऋषिके आदेशसे इसी 'पद्मा एकादशी' के व्रतका अनुष्ठान किया था, उससे मान्धाताके राज्यमें सर्वत्र सदैव अनुकूल वर्षा होती रही।..... यदि इस दिन श्रवण नक्षत्र हो तो यही 'विजया एकादशी' होती है। इसके व्रतसे सब प्रकारके अभीष्ट सिद्ध होते हैं। इस दिन भगवान् वामनजीका पूजन करना आवश्यक होता है। व्रतीको चाहिये कि भाद्रपद शुक्ल एकादशीको प्रातः-स्नानादि करके भगवान् वामनजीकी सुवर्णकी मूर्ति बनवावे और 'मत्स्य, कूर्म, वाराह' आदिके नामोच्चारणसहित गन्ध-पुष्पादि सभी उपचारोंसे उसका यथाविधि पूजन करे। दिनभर उपवास रखे और रात्रिमें जागरण करके दूसरे दिन फिर उसका पूजन करके उपस्थित देय द्रव्यादि ब्राह्मणोंको देकर उनको भोजन करावे और फिर स्वयं भोजन करके व्रत समाप्त करे।

(१७) कटिपरिवर्तनोत्सव (भविष्योत्तर)—भाद्रपद शुक्ल एकादशीको भगवान्‌का कटिपरिवर्तन करावे। उसके लिये देव-प्रबोधिनीके समान सम्पूर्ण विधान बनवाकर भगवान्‌को विमानमें विराजित करके गायन, वादन, नर्तन, कीर्तन और जय-घोषादिके साथ जलाशयपर ले जाय और वहाँ जलपानादि साधनोंसे उनको दोलायमान करके वापस लाकर संध्याके समय महापूजा और नीराजन करे। रात्रिमें भगवान्‌को दक्षिण-कटि शयन कराके जागरण करे और दूसरे दिन पूर्वाह्णमें '**वासुदेव जगन्नाथ प्राप्तेयं द्वादशी तव। पार्श्वेन परिवर्तस्व सुखं स्वपिहि माधव॥**' से प्रार्थना करके पारणा करे। राजपूतानेमें यह उत्सव 'जलझूलनी' के नामसे प्रसिद्ध है और सामान्य या विशेष यथायोग्य आयोजनोंसे सर्वत्र ही मनाया जाता है।

(१८) प्रदोषव्रत—यह सुपरिचित व्रत प्रत्येक त्रयोदशीको किया जाता है। सूर्यास्तके समय स्नान करके लाल कनेरके पुष्प, लाल चन्दन और धूप-दीपादिसे शिवपूजन करके प्रदोष-समयमें एक बार भोजन करे। यदि इस दिन शनिवार हो तो और भी अधिक अच्छा है।

(१९) अनन्तव्रत (स्कन्द-ब्रह्म-भविष्यादि)—यह व्रत भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशीको किया जाता है। इसमें उदयव्यापिनी[१] तिथि ली जाती है। पूर्णिमाका सहयोग[२] होनेसे इसका फल बढ़ जाता है। कथाके अनुरोधसे मध्याह्नतक चतुर्दशी[३] रहे तो और भी अच्छा है। व्रतीको चाहिये कि उस दिन प्रातःस्नानादि करके '**ममाखिलपापक्षयपूर्वकशुभफलवृद्धये श्रीमदनन्तप्रीतिकामनया अनन्तव्रतमहं करिष्ये**' ऐसा संकल्प करके वासस्थानको स्वच्छ

---

१. उदये त्रिमुहूर्तापि ग्राह्यानन्तव्रते तिथिः।

२. तथा भाद्रपदस्यान्ते चतुर्दश्यां द्विजोत्तम।
पौर्णमास्याः समायोगे व्रतं चानन्तकं चरेत्॥

३. मध्याह्ने भोज्यवेलायाम्। इति।

और सुशोभित करे। यदि बन सके तो एक स्थानको या चौकी आदिको मण्डपरूपमें परिणत करके उसमें भगवान्‌की साक्षात् अथवा दर्भसे बनायी हुई सात फणोंवाली शेषस्वरूप अनन्तकी मूर्ति स्थापित करे। उसके आगे १४ गाँठका अनन्त दोरक रखे और नवीन आम्रपल्लव एवं गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यादिसे पूजन करे। पूजनमें पंचामृत, पंजीरी, केले और मोदकादिका प्रसाद अर्पण करके '**नमस्ते देव देवेश नमस्ते धरणीधर। नमस्ते सर्वनागेन्द्र नमस्ते पुरुषोत्तम॥**' से नमस्कार करे और '**न्यूनातिरिक्तानि परिस्फुटानि यानीह कर्माणि मया कृतानि। सर्वाणि चैतानि मम क्षमस्व प्रयाहि तुष्टः पुनरागमाय॥**' इससे विसर्जन करके '**दाता च विष्णुर्भगवाननन्तः प्रतिग्रहीता च स एव विष्णुः। तस्मात्त्वया सर्वमिदं ततं च प्रसीद देवेश वरान् ददस्व॥**' से वायन दान करके कथा सुने और जिनमें नमक न पड़ा हो ऐसे पदार्थोंका भोजन करे। कथाका सार यह है कि····'प्राचीन कालमें सुमन्तु ब्राह्मणकी सुशीला कन्या कौण्डिन्यको ब्याही थी। उसने दीन पत्नियोंसे पूछकर अनन्त-व्रत धारण किया। एक बार कुयोगवश कौण्डिन्यने अनन्तके डोरेको तोड़कर आगमें पटक दिया। उससे उसकी सम्पत्ति नष्ट हो गयी। तब वह दुःखी होकर अनन्तको देखने वनमें चला गया। वहाँ आम्र, गौ, वृष, खर, पुष्करिणी और वृद्ध ब्राह्मण मिले। ब्राह्मण स्वयं अनन्त थे। वे उसे गुहामें ले गये। वहाँ जाकर बतलाया कि वह आम वेदपाठी ब्राह्मण था, विद्यार्थियोंको न पढ़ानेसे 'आम' हुआ। गौ पृथ्वी थी, बीजापहरणसे 'गौ' हुई। वृष धर्म, खर क्रोध और पुष्करिणी बहिनें थीं। दानादि परस्पर लेने-देनेसे 'पुष्करिणी' हुईं और वृद्ध ब्राह्मण मैं हूँ। अब तुम घर जाओ। रास्तेमें आम्रादि मिलें उनसे संदेशा कहते जाओ और दोनों स्त्री-पुरुष व्रत करो, सब आनन्द होगा।' इस प्रकार १४ वर्ष (या यथासामर्थ्य) व्रत करे। फिर नियत

अवधि पूरी होनेपर भाद्रपद शुक्ल १४ को उद्यापन करे। उसके लिये 'सर्वतोभद्रस्थ कलशपर कुशनिर्मित या सुवर्णमय अनन्तकी मूर्ति और सोना, चाँदी, ताँबा, रेशम या सूत्रका (१४ ग्रन्थियुक्त) अनन्त दोरक स्थापन करके उनका वेदमन्त्रोंसे पूजन और तिल, घी, खाँड, मेवा एवं खीर आदिसे हवन करके गोदान, शय्यादान, अन्नदान (१४ घट, १४ सौभाग्यद्रव्य और १४ अनन्त दान) करके १४ युग्म ब्राह्मणोंको भोजन करावे और फिर स्वयं भोजन करके व्रतको समाप्त करे।

(२०) पालीव्रत (भविष्यपुराण)—भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशीको चारों वर्णकी कोई भी कुलवधू किसी जलपूर्ण बड़े तालाब आदिपर जाकर एक चौकीपर अक्षतादिका मण्डल बनाकर उसपर वरुणकी मूर्ति या वारुण यन्त्र लिखे। फिर उसका गन्ध, पुष्पादिसे पूजन करके '**वरुणाय नमस्तुभ्यं नमस्ते यादसां पते। अपां पते नमस्तुभ्यं रसानां पतये नमः॥**' से अर्घ्य दे और '**मा क्लेदं मा च दौर्गन्ध्यं वैरस्यं मा मुखेऽस्तु मे। वरुणो वारुणीभर्ता वरदोऽस्तु सदा मम॥**' से प्रार्थना करके ब्राह्मणोंको भोजन करावे और अग्निपक्व अन्नका स्वयं भोजन करे।

(२१) कदलीव्रत (भविष्योत्तरपुराण)—भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशीको कदली (केला)-के पेड़के समीप बैठकर अनेक प्रकारके फल, पुष्प और धूप-दीपादिसे उसका पूजन करे। सप्तधान्य, रक्तचन्दन, घृत-दीपक, दही, दूब, अक्षत, वस्त्र, घृतपाचित नैवेद्य, जायफल, पूगफल और प्रदक्षिणासे अर्चन सम्पन्नकर '**चिन्तयेत् कदलीं नित्यं कदलैः कामदीपितैः। शरीरारोग्यलावण्यं देहि देवि नमोऽस्तु ते॥**' से प्रार्थना करे। इस प्रकार तीन या चार मास करे तो उस कुलमें स्त्री कुलटा नहीं हों। सब पुत्र-पौत्रादिसंयुक्त सौभाग्यशालिनी सदाचारिणी हों!

आश्विनके व्रत

कृष्णपक्ष (महालय)

(१) **पितृव्रत** (कर्मकाण्डमार्गप्रदीप)—शास्त्रोंमें मनुष्योंके लिये देव-ऋण, ऋषि-ऋण और पितृ-ऋण—ये तीन ऋण बतलाये गये हैं। इनमें श्राद्धके द्वारा पितृ-ऋणका उतारना आवश्यक है; क्योंकि जिन माता-पिताने हमारी आयु, आरोग्य और सुख-सौभाग्यादिकी अभिवृद्धिके लिये अनेक यत्न या प्रयास किये उनके ऋणसे मुक्त न होनेपर हमारा जन्मग्रहण करना निरर्थक होता है। उनके ऋण उतारनेमें कोई ज्यादा खर्च हो, सो भी नहीं है; केवल वर्षभरमें उनकी मृत्यु-तिथिको सर्वसुलभ जल, तिल, यव, कुश और पुष्प आदिसे उनका श्राद्ध सम्पन्न करने और गोग्रास देकर एक या तीन, पाँच आदि ब्राह्मणोंको भोजन करा देनेमात्रसे ऋण उतर जाता है; अतः इस सरलतासे साध्य होनेवाले कार्यकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। इसके लिये जिस मासकी जिस तिथिको माता-पिता आदिकी मृत्यु हुई हो उस तिथिको श्राद्धादि करनेके सिवा, आश्विन कृष्ण (महालय) पक्षमें भी उसी तिथिको श्राद्ध-तर्पण-गोग्रास और ब्राह्मण-भोजनादि करना-कराना आवश्यक है; इससे पितृगण प्रसन्न होते हैं और हमारा सौभाग्य बढ़ता है। पुत्रको चाहिये कि वह माता-पिताकी मरण-तिथिको मध्याह्नकालमें पुनः स्नान करके श्राद्धादि करे और ब्राह्मणोंको भोजन कराके स्वयं भोजन करे। जिस स्त्रीके कोई पुत्र न हो, वह स्वयं भी अपने पतिका श्राद्ध उसकी मृत्यु-तिथिको कर सकती है। भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमासे प्रारम्भ करके आश्विन कृष्ण अमावस्यातक सोलह दिन पितरोंका तर्पण और विशेष तिथिको श्राद्ध अवश्य करना चाहिये। इस प्रकार करनेसे 'पितृव्रत' यथोचितरूपमें पूर्ण होता है।

(२) संकष्टचतुर्थी (पूर्वागत)—आश्विन कृष्ण चतुर्थीको व्रत हो और उसी दिन माता-पिता आदिका श्राद्ध हो तो दिनमें श्राद्ध करके ब्राह्मणोंको भोजन करा दे और अपने हिस्सेके भोजनको सूँघकर गौको खिला दे। रात्रिमें चन्द्रोदयके बाद स्वयं भोजन करे। इस व्रतकी कथाका यह सार है कि एक बार बाणासुरकी पुत्री ऊषाको स्वप्नमें कृष्णपौत्र अनिरुद्धका दर्शन हुआ। ऊषाको उनके प्रत्यक्ष दर्शनकी अभिलाषा हुई और उसने चित्रलेखाके द्वारा अनिरुद्धको अपने घर मँगा लिया। इससे अनिरुद्धकी माताको बड़ा कष्ट हुआ। इस संकटको टालनेके लिये माताने व्रत किया, तब इस व्रतके प्रभावसे ऊषाके यहाँ छिपे हुए अनिरुद्धका पता लग गया और ऊषा तथा अनिरुद्ध द्वारका आ गये।

(३) पुत्रीयव्रत (हेमाद्रि)—आश्विन कृष्ण अष्टमीको प्रातःस्नानादि करके वासुदेवका पूजन करे। घी और खीरकी आहुति दे और जिस स्त्रीको पुत्रकी कामना हो, वह पुरुष-नामके—केले, अमरूद, सीताफल और खरबूजा आदि और जिसको कन्याकी कामना हो, वह स्त्री-नामके—नारंगी, अनार, कमरख और जामुन आदिका एक बार भोजन करे। इस प्रकार वर्षपर्यन्त करनेसे पुत्र होता है। इसी तिथिको 'जीवत्पुत्रिकाव्रत' भी किया जाता है। इस व्रतका आचरण पुत्रकी जीवन-रक्षाके उद्देश्यसे होता है।

(४) कृष्णैकादशी (ब्रह्मवैवर्तपुराण)—आश्विन कृष्ण एकादशीका नाम 'इन्दिरा' है, इसके व्रतसे सब प्रकारके पाप दूर होते हैं। इसके निमित्त प्रातःस्नानादि करके उपवास करे और हरिस्मरणमें लगे रहकर रातभर जगे। यदि इस दिन पिता आदिका श्राद्ध हो और उपवासके कारण श्राद्धीय अन्नके ग्रहण करनेमें संकोच हो तो उसे सूँघकर गौको खिला दे और पारणके पश्चात् भोजन करे।

(५) **संन्यासीय श्राद्ध** (मदनपारिजातमें वायुपुराणका वचन)—पुत्रको चाहिये कि उसका पिता यदि यति (संन्यासी) या वनवासी हो तो आश्विन कृष्ण द्वादशीको उसके निमित्त श्राद्ध करे।*

(६) **पितृश्राद्ध** (हेमाद्रि)—आश्विन कृष्ण त्रयोदशीको पितृश्राद्ध करके पितरोंको तृप्त करे तो सब प्रकारके सुख प्राप्त हों। यदि उसके पुत्र हो तो अपिण्ड श्राद्ध करे।

(७) **प्रदोषव्रत** (पूर्वागत)—प्रत्येक त्रयोदशीमें होनेवाले इस व्रतको आश्विन कृष्ण त्रयोदशीको प्रदोषकालमें करे।

(८) **दुर्मरणश्राद्ध** (मरीचि)—जो मनुष्य तिर्यग्योनि (कुत्ता आदि)-के काटने और विष-शस्त्रादिके घातसे मरे हों या ब्रह्मघाती हुए हों, उनका आश्विन कृष्ण १४ को श्राद्ध करनेसे उनकी तृप्ति होती है।

शुक्लपक्ष

(१) **अशोकव्रत** (भविष्योत्तर)—आश्विन शुक्ल प्रतिपदाको नवीन पल्लवोंवाले अशोकवृक्षके समीप सप्तधान्य, गेहूँके गुणे, मोदक, अनार आदि ऋतुफल और पुष्पादि चढ़ाकर यथाविधि पूजन करे और '**अशोक शोकशमनो भव सर्वत्र नः कुले**' से अर्घ्य देकर उसे उत्तम वस्त्रोंसे ढककर पताकादि लगाये तो व्रतवती स्त्रीके सब शोक नष्ट हो जाते हैं। जिस समय जनकनन्दिनी सीताने लंकाकी अशोकवाटिकामें यह व्रत किया था, उस समय उनके सब शोक दूर हो गये थे।

(२) **नवरात्रव्रत** (देवीभागवतादि)—ये आश्विन शुक्ल प्रतिपदासे नवमीपर्यन्त होते हैं। इनका आरम्भ अमायुक्त प्रतिपदामें वर्जित है और द्वितीयायुक्त प्रतिपदामें शुभ है। नव रात्रियोंतक व्रत

---

* यतीनां च वनस्थानां वैष्णवानां विशेषतः।
द्वादश्यां विहितं श्राद्धं कृष्णपक्षे विशेषतः॥ (पृथ्वीचन्द्रोदयसंग्रहे)

करनेसे 'नवरात्र' व्रत पूर्ण होता है; तिथिकी ह्रास-वृद्धिसे इनमें न्यूनाधिकता नहीं होती। प्रारम्भके समय यदि चित्रा नक्षत्र और वैधृति हों तो उनके उतरनेके बाद व्रतका प्रारम्भ होना चाहिये। परंतु देवीका आवाहन, स्थापन और विसर्जन—ये तीनों प्रातःकालमें होते हैं; अतः यदि चित्रादि अधिक समयतक हों तो उसी दिन अभिजित् मुहूर्तमें आरम्भ करना चाहिये। वैसे तो वासन्ती नवरात्रोंमें विष्णुकी और शारदीय नवरात्रोंमें शक्तिकी उपासनाका प्राधान्य है ही; किंतु ये दोनों ही बहुत व्यापक हैं, अतः दोनोंमें दोनोंकी उपासना होती है। इनमें किसी वर्ण, विधान या देवादिकी भिन्नता नहीं है; सभी वर्ण अपने अभीष्टकी उपासना करते हैं। यदि नवरात्रपर्यन्त व्रत रखनेकी सामर्थ्य न हो तो (१) प्रतिपदासे सप्तमीपर्यन्त 'सप्तरात्र;' (२) पंचमीको एकभुक्त, षष्ठीको नक्तव्रत, सप्तमीको अयाचित, अष्टमीको उपवास और नवमीके पारणसे 'पंचरात्र;' (३) सप्तमी, अष्टमी और नवमीके एकभुक्त व्रतसे 'त्रिरात्र;' (४) आरम्भ और समाप्तिके दो व्रतोंसे 'युग्मरात्र' और (५) आरम्भ या समाप्तिके एक व्रतसे 'एकरात्र' के रूपमें जो भी किये जायँ, उन्हींसे अभीष्टकी सिद्धि होती है। आरम्भमें शुभस्थानकी मृत्तिकासे वेदी बनाकर उसमें जौ, गेहूँ बोये। उनपर यथासामर्थ्य सुवर्णादिका कलश स्थापित करे और कलशपर सोना, चाँदी, ताँबा, मृत्तिका, पाषाण या चित्रमय मूर्तिकी प्रतिष्ठा करे। मूर्ति यदि मिट्टी, कागज या सिन्दूर आदिकी हो और स्नानसे उसके नष्ट हो जानेका डर हो तो या तो उसपर दर्पण लगा देना चाहिये या खड्गादिको उसमें परिणत करना चाहिये। मूर्ति न होनेकी अवस्थामें कलशके पीछेको स्वस्तिक और उसके युग्म-पार्श्वमें त्रिशूल बनाकर दुर्गाका तथा चित्र, पुस्तक या शालग्रामादिको विराजमानकर विष्णुका पूजन

करे। पूजा राजसी, तामसी और सात्त्विकी—तीन प्रकारकी होती है; इनमें सात्त्विकीका सर्वाधिक प्रचार है। नवरात्र-व्रत आरम्भ करते समय सर्वप्रथम गणपति, मातृका, लोकपाल, नवग्रह और वरुणका पूजन, स्वस्तिवाचन और मधुपर्क ग्रहण करके प्रधान मूर्तिकी—जो राम-कृष्ण, लक्ष्मी-नारायण या शक्ति, भगवती, देवी आदि किसी भी अभीष्ट देवकी हो—वेदविधि या पद्धतिक्रमसे अथवा अपने साम्प्रदायिक विधानसे पूजा करे। देवीके नवरात्रमें महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वतीका पूजन तथा सप्तशतीका पाठ मुख्य है। यदि पाठ करना हो तो देवतुल्य पुस्तकका पूजन करके १, ३, ५ आदि विषम संख्याके पाठ करने चाहिये और पाठमें विशेष ब्राह्मण हों तो उनकी संख्या भी १, ३, ५ आदि विषम ही होनी चाहिये। फलसिद्धिके लिये १, उपद्रव-शान्तिके लिये ३, सामान्यतः सब प्रकारकी शान्तिके लिये ५, भयसे छूटनेके लिये ७, यज्ञफलकी प्राप्तिके लिये ९, राज्यके लिये ११, कार्यसिद्धिके लिये १२, किसीको वशमें करनेके लिये १४, सुख-सम्पत्तिके लिये १५, धन और पुत्रके लिये १६, शत्रु, रोग और राजाके भयसे छूटनेके लिये १७, प्रियकी प्राप्तिके लिये १८, बुरे ग्रहोंके दोषकी शान्तिके लिये २०, बन्धनसे मुक्त होनेके लिये २५ और मृत्युके भय, व्यापक उपद्रव तथा देशको नाश आदिसे बचानेके लिये और असाध्य वस्तुकी सिद्धि एवं लोकोत्तर लाभके लिये आवश्यकतानुसार सौ, हजार, दस हजार और लाख पाठतक करने चाहिये। देवीव्रतोंमें 'कुमारीपूजन' परमावश्यक माना गया है। यदि सामर्थ्य हो तो नवरात्रपर्यन्त और न हो तो समाप्तिके दिन कुमारीके चरण धोकर उसकी गन्ध-पुष्पादिसे पूजा करके मिष्टान्न भोजन कराना चाहिये। एक कन्याके पूजनसे ऐश्वर्यकी; दोसे भोग और

मोक्षकी; तीनसे धर्म, अर्थ, कामकी; चारसे राज्यपदकी; पाँचसे विद्याकी; छ:से षट्कर्मसिद्धिकी; सातसे राज्यकी; आठसे सम्पदाकी और नौसे पृथ्वीके प्रभुत्वकी प्राप्ति होती है। दो वर्षकी लड़की कुमारी, तीनकी त्रिमूर्तिनी, चारकी कल्याणी, पाँचकी रोहिणी, छ:की काली, सातकी चण्डिका, आठकी शाम्भवी, नौकी दुर्गा और दसकी सुभद्रास्वरूप होती है। इससे अधिक उम्रकी कन्याको कुमारीपूजामें नहीं सम्मिलित करना चाहिये।* दुर्गापूजामें प्रतिपदाको केशके संस्कार करनेवाले द्रव्य—आँवला और सुगन्धित तैल आदि; द्वितीयाको बाल बाँधनेके लिये रेशमी डोरी; तृतीयाको सिन्दूर और दर्पण; चतुर्थीको मधुपर्क, तिलक और नेत्रांजन; पंचमीको अंगराग और अलंकार तथा षष्ठीको फूल आदि समर्पण करे। सप्तमीको गृहमध्यपूजा, अष्टमीको उपवासपूर्वक पूजन, नवमीको महापूजा और कुमारीपूजा तथा दशमीको नीराजन और विसर्जन करे। इसी प्रकार राम-कृष्णादिके नवरात्रमें स्तोत्र-पाठ या लीलाप्रदर्शन आदि करे। यह उल्लेख दिग्दर्शनमात्र है, अतः विशेष बातें ग्रन्थान्तरोंसे जाननी चाहिये। इस प्रकार नौ दिनोंतक नवरात्र करके दशमीको दशांश हवन, ब्राह्मण-भोजन और व्रतका विसर्जन करे।

(३) **पुण्यप्रदा** (स्कन्दपुराण)—आश्विन शुक्ल द्वितीयाको किसी भी प्रकारका दान देकर व्रत करनेसे अत्यन्त फल होता है।

(४) **सिन्दूरतृतीया** (दुर्गाभक्तितरंगिणी)—आश्विन शुक्ल तृतीयाको चम्पाके तेलमें मिले हुए सिन्दूरसे देवीके केशपाशके मध्यभागको चर्चितकर दर्पण दिखाये तो देवीकी पूजा सम्पन्न होती है।

(५) **रथोत्सवचतुर्थी** (दुर्गाभक्तितरंगिणी)—आश्विन शुक्ल

* अत ऊर्ध्वं तु याः कन्याः सर्वकार्येषु वर्जिताः। (स्कन्दपुराण)

चतुर्थीको भगवतीका पूजन और जागरण करके उन्हें सजे हुए रथमें विराजमान करे और नगरमें भ्रमण कराके पुनः स्थापित करे।

(६) **शान्तिपंचमी** (हेमाद्रि)—आश्विन शुक्ल पंचमीको प्रातः-स्नानादिके पश्चात् वेदी या चौकीपर सफेद वस्त्र बिछाकर हरी और कोमल कुशके १२ नाग और एक इन्द्राणी बनाकर उसपर स्थापित करे। इन्द्राणीको जलसे और नागोंको घी, दूध और जल—तीनोंसे स्नान करावे। गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और अनेक प्रकारके नागोंका ध्यान करके '**नागाः प्रीता भवन्तीह शान्तिमाप्नोति वै विभो। स शान्तिलोकमासाद्य मोदते शाश्वतीः समाः॥**' से प्रार्थना करके '**ॐ कुरु कुल्ल्यं हुं फट् स्वाहा**' के १२ हजार जप करे। इस प्रकार उक्त कुश-निर्मित बारह नागोंमें आश्विनमें अनन्त, कार्तिकमें वासुकि, मार्गशीर्षमें शंख, पौषमें पद्म, माघमें कम्बल, फाल्गुनमें कर्कोटक, चैत्रमें अश्वतर, वैशाखमें शंखपाल, ज्येष्ठमें कालिय, आषाढ़में तक्षक, श्रावणमें पिंगल और भाद्रपदमें महानागका पूजन करे। इससे सर्पादिका भय दूर हो जाता है, सब प्रकारकी शान्ति बढ़ती है और उक्त मन्त्रसे सर्पविष रुक जाता है।

(७) **उपांगललिताव्रत** (कृत्यरत्नावली)—यह आश्विन शुक्ल पंचमीको किया जाता है। इसमें रात्रिव्यापिनी तिथि ली जाती है। व्रतीको चाहिये कि उस दिन अपामार्ग (ऊँगा)-के २१ दातुन लेकर '**आयुर्बलमिदम्०**' से एक-एक दातुन करके स्नान करे और सफेद वस्त्र पहनकर सुवर्णमयी उपांगललिताका यथाप्राप्त उपचारोंसे पूजन करे। रात्रिमें चन्द्रोदय होनेपर उन्हें अर्घ्य दे करके नक्तव्रतकर दूसरे दिन देवीका विसर्जन करे। इस व्रतकी महाराष्ट्र देशमें विशेष प्रसिद्धि है।

(८) **बिल्वनिमन्त्रण** (हेमाद्रि)—आश्विन शुक्ल षष्ठीको

प्रातः-कृत्यादि करके देवीका पूजन करे और यदि ज्येष्ठा हो तो उनकी पूजाके लिये बिल्ववृक्षका निमन्त्रिण करे।

(९) **बिल्वसप्तमी** (हेमाद्रि)—यदि आश्विन शुक्ल सप्तमीको मूल नक्षत्र हो (या न हो तो भी) पूर्वनिमन्त्रित बिल्ववृक्षकी दो फल लगी हुई शाखा लेकर देवीके समीप रखे और उनके सहित देवीका पूजन करे। इसमें सूर्योदय-संयुक्त परा तिथि ली जाती है।

(१०) **सरस्वतीशयनसप्तमी** (वीरमित्रोदय)—आश्विन शुक्ल सप्तमीसे नवमीपर्यन्त सरस्वतीका शयनव्रत किया जाता है। एतन्निमित्त सप्तमीको पुस्तकादिका पूजन करके सरस्वतीका शयन कराये, व्रतमें रहे और पठन-पाठन एवं लिखना-लिखाना बंद रखे और सप्तमी (के मूल)-से दशमी (के श्रवण) पर्यन्त पुस्तकादिका पूजन करता रहे। पूजनमें सरस्वतीकी स्वर्णमयी, शिलामयी या चित्रमयी जैसी भी मूर्ति हो वह चार भुजावाली, सर्वाभरणविभूषित, दो दायें हाथोंमें पुस्तक और रुद्राक्ष और दो बायें हाथोंमें वीणा और कमण्डलु धारण किये हुए समान रूपमें विराजी हुई हो—इस प्रकारका ध्यान करे।

(११) **महाष्टमी** (दुर्गोत्सवभक्तितरंगिणी, देवीपुराणादि)—आश्विन शुक्ल अष्टमीको देवीकी उपासनाके अनेक अनुष्ठान होते हैं, इस कारण यह महाष्टमी मानी जाती है। इसमें सप्तमीका वेध वर्जित और नवमीका ग्राह्य होता है। इस दिन देवी शक्ति धारण करती हैं और नवमीको पूजा समाप्त होती है; अतएव सप्तमीवेधसंयुक्त महाष्टमीको पूजनादि करनेसे पुत्र, स्त्री और धनकी हानि होती है। यदि अष्टमी मूलयुक्त और नवमी पूर्वाषाढ़ायुक्त हो अथवा दोनोंसे युक्त हो तो वह महानवमी होती है। यदि सूर्योदयके समय अष्टमी और सूर्यास्तके समय नवमी हो और भौमवार हो तो यह योग अधिक श्रेष्ठ होता

है। महाष्टमीके प्रातःकालमें पवित्र होकर भगवतीकी वस्त्र, शस्त्र, छत्र, चामर और राजचिह्नादिसहित पूजा करे। यदि उस समय भद्रा हो तो सायंकालके समय करे और अर्द्धरात्रिमें बलिप्रदान करे। कई स्थानोंमें इस दिन 'अखिलकारिणी' (खिलगानी) देवीका पूजन किया जाता है। वह भद्रावर्जित सायंकाल या प्रातःकाल किसीमें भी किया जा सकता है। उसमें त्रिशूलमात्रकी पूजा होती है।

(१२) **महानवमी** (हेमाद्रि, देवीभागवत)—आश्विन शुक्ल नवमीको प्रातःस्नानादि नित्यकर्म शीघ्र समाप्त करके '**उपोष्य नवमीं त्वद्य यामेष्वष्टसु चण्डिके। तेन प्रीता भव त्वं भोः संसारात् त्राहि मां सदा॥**' इस मन्त्रसे व्रत करनेकी भावना भगवतीके सम्मुख निवेदन करे। इसके बाद देवीपूजाके स्थानको ध्वजा, पताका, पुष्पमाला और बंदनवार आदिसे सुशोभित करके भगवतीका पंचदश, षोडश, षट्त्रिंश या राजोपचारादिमेंसे जो उपलब्ध हो उसी प्रकारसे पूजन करे। अनेक प्रकारके अन्न-पानादिका भोग लगाये और घृतपूर्ण बत्ती या कपूर जलाकर नीराजन करे। इस दिन धराधीशोंको चाहिये कि वे नवीन अश्वोंका पूजन करें। पूजाविधान आगे (दशमीके शस्त्रपूजनमें) दिया गया है। इस दिन पूर्व-विद्धा नवमी ली जाती है। यदि इसमें मूल, पूर्वा और उत्तराका (त्रैलोक्यदुर्लभ) सहयोग हो तो यह नवमी बड़े महत्त्वकी मानी जाती है। इसमें अनेक प्रकारके उपहारद्रव्योंसे पूजा की जाय तो महाफल होता है।

(१३) **भद्रकालीव्रत** (विष्णुधर्मोत्तर)—आश्विन शुक्ल नवमीको वासस्थानके पूर्व भागमें भद्रकालीकी स्थापना करके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और उपवास रखे।

(१४) **रथनवमी** (भविष्यपुराण)—इसी दिन (आ० शु० ९

को) नवीन रथमें आसन बिछाकर महिषारूढ महिषघ्नीकी स्वर्णनिर्मित मूर्ति स्थापित करके पूजन करे और रथको राजमार्गोंमें भ्रमण कराकर यथास्थान ले आये और भगवतीका पुनः पूजन करके रथोत्सव-व्रत समाप्त करे।

(१५) शौर्यव्रत (ब्रह्मपुराण)—एतन्निमित्त आश्विन शुक्ल सप्तमीको संकल्प करे। अष्टमीको निरुदक (अन्न-पानादिवर्जित) उपवास रखे और नवमीको भगवतीकी भक्तिसहित उपासना करके '**दुर्गां देवीं महामायां महाभागां महाप्रभाम्।**' से प्रार्थना करके यथाशक्ति ब्राह्मण-भोजन कराये और स्वयं पिसे हुए सत्तूका पान करके व्रत करे।

(१६) नवरात्रसमाप्ति (देवीभागवत)—आश्विन शुक्ल दशमीके प्रातःकालमें भगवतीका यथाविधि पूजन करके नीराजन करे। '**यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः०**' से पुष्पांजलि अर्पण करे। '**मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं यदर्चितम्। पूर्णं भवतु तत् सर्वं त्वत्प्रसादान्महेश्वरि॥**' से क्षमा-प्रार्थना करके '**ॐ दुर्गायै नमः**' कहकर एक पुष्प ईशानमें छोड़ दे और '**गच्छ गच्छ परं स्थानं स्वस्थानं देवि चण्डिके। व्रतस्त्रोतोजलं वृद्ध्यै तिष्ठ गेहे च भूतये॥**' से कलशस्थ देवमूर्ति आदिको उठाकर यथास्थान स्थापित करे। यदि मूर्ति मृत्तिका आदिकी हो और यव-गोधूमके जुआरा हों तो उनको गायन-वादनके साथ समीपके जलाशयपर ले जाकर '**दुर्गे देवि जगन्मातः स्वस्थानं गच्छ पूजिते। षण्मासेषु व्यतीतेषु पुनरागमनाय वै॥ इमां पूजां मया देवि यथाशक्त्योपपादिताम्। रक्षार्थं त्वं समादाय व्रज स्वस्थानमुत्तमम्॥**' इन मन्त्रोंसे मूर्तिका विसर्जन करके जलमें प्रवेश कराये और जुआरा आदि जलमें डाल दे। इस विषयमें 'मत्स्यसूक्त' का यह आदेश है कि '**देवे दत्त्वा तु दानानि देवे दद्याच्च दक्षिणाम्। तत् सर्वं ब्राह्मणे दद्यादन्यथा विफलं भवेत्॥**' नवरात्रादिके

अवसरमें स्थापित देवताके जो कुछ फल-पुष्प-नैवेद्य अथवा उपहारादि अर्पण किया हो वह ब्राह्मणको देना चाहिये, अन्यथा विफल होता है।

(१७) **विजयादशमी** (श्रुति-स्मृति-पुराणादि)—आश्विन शुक्ल दशमीको श्रवणका सहयोग होनेसे विजयादशमी होती है। इस दिन राज्य-वृद्धिकी भावना और विजयप्राप्तिकी कामनावाले राजा 'विजयकाल' में प्रस्थान करते हैं। 'ज्योतिर्निबन्ध' में लिखा है कि '**आश्विनस्य सिते पक्षे दशम्यां तारकोदये। स कालो विजयो ज्ञेयः सर्वकार्यार्थसिद्धये॥**' आश्विन शुक्ल दशमीके सायंकालमें तारा उदय होनेके समय 'विजयकाल' रहता है। वह सब कामोंको सिद्ध करता है। आश्विन शुक्ल दशमी पूर्वविद्धा निषिद्ध, परविद्धा शुद्ध और श्रवणयुक्त सूर्योदयव्यापिनी सर्वश्रेष्ठ होती है। राजाओंको चाहिये कि उस दिन प्रातःस्नानादि नित्यकर्मसे निश्चिन्त होकर '**मम क्षेमारोग्यादिसिद्ध्यर्थं यात्रायां विजयसिद्ध्यर्थं गणपति-मातृकामार्गदेवतापराजिताशमीपूजनानि करिष्ये।**' यह संकल्प करके उक्त सभी देवताओं, अस्त्र-शस्त्राश्वादिकों और पूजनीय गुरुजन आदिका यथाविधि* पूजन करके सुसज्जित अश्वपर आरूढ़ होकर अपराह्णमें

* शस्त्रादीनां पूजनविधिः—ततो राजा 'गणेशाय नमः' इति नाममन्त्रेण आवाहनादि-षोडशोपचारैः सम्पूज्य एवं मातृकादीनां पितृदेवादीनां च सम्यक् पूजनं विधाय ततः 'छत्राय नमः' इत्यादिमन्त्रेण गन्धादिभिः सम्पूज्य—

यथाम्बुदश्छादयति शिवायेमां वसुन्धराम्।
तथा छादय राजानं विजयारोग्यवृद्धये॥

—इति पठेत्। एवं चामरादीनामपि पूजनं कुर्यात्। तेषां प्रार्थनामन्त्रान् एवं पठेत्।

चामरमन्त्रः

शशांककरसंकाश क्षीरडिण्डीरपाण्डुर।
प्रोत्सारयाशु दुरितं चामरामरदुर्लभ॥

खड्गमन्त्रः

असिर्विशसनः खड्गस्तीक्ष्णधारो दुरासदः।
श्रीगर्भो विजयश्चैव धर्मधारस्तथैव च॥

गज, तुरग, रथराज्यैश्वर्यादिसहित यात्रा करके स्वपुरसे बाहर ईशान कोणमें शमी (जाँटी या खेजड़ा) और अश्मन्तक (कोविदार या कचनार)-के समीप अश्वसे उतरकर शमीके मूलकी भूमिका जलसे प्रोक्षण करे और पूर्व या उत्तर मुख बैठकर पहले शमीका और फिर अश्मन्तकका पूजन करे और '**शमी शमय मे**

इत्यष्टौ तव नामानि स्वयमुक्तानि वेधसा।
नक्षत्रं कृत्तिका ते तु गुरुर्देवो महेश्वरः॥
हिरण्यं च शरीरं ते धाता देवो जनार्दनः।
पिता पितामहो देवस्त्वं मां पालय सर्वदा॥
नीलजीमूतसंकाशस्तीक्ष्णदंष्ट्रः कृशोदरः।
भावशुद्धोऽमर्षणश्च अतितेजास्तथैव च॥
इयं येन धृता क्षोणी हतश्च महिषासुरः।
तीक्ष्णधाराय शुद्धाय तस्मै खड्गाय ते नमः॥

कटारमन्त्रः

रक्षांगानि गजान् रक्ष रक्ष वाजिधनानि च।
मम देहं सदा रक्ष कट्टारक नमोऽस्तु ते॥

छुरिकामन्त्रः

सर्वायुधानां प्रथमं निर्मितासि पिनाकिना।
शूलायुधाद् विनिष्कृष्य कृत्वा मुष्टिग्रहं शुभम्॥
चण्डिकायाः प्रदत्तासि सर्वदुष्टनिबर्हिणी।
तया विस्तारिता चासि देवानां प्रतिपादिता॥
सर्वसत्त्वांगभूतासि सर्वाशुभनिबर्हिणी।
छुरिके रक्ष मां नित्यं शान्तिं यच्छ नमोऽस्तु ते॥

कवचमन्त्रः

शर्मप्रदस्त्वं समरे वर्म सर्वायशो नुद।
रक्ष मां रक्षणीयोऽहं तापनेय नमोऽस्तु ते॥

चर्ममन्त्रः

चण्डिकायाः प्रदत्तं त्वं सर्वदुष्टनिबर्हणम्।
त्वया निस्तारिता देवाः सुप्रतिष्ठं पितामहैः॥
अतस्त्वयि बलं सर्वं विन्यस्तं देवसत्तमैः।
तस्मादायोधने रक्ष शत्रून् नाशय सर्वदा॥

पापं शमी लोहितकण्टका। धारिण्यर्जुन बाणानां रामस्य प्रियवादिनी ॥ करिष्यमाणयात्रायां यथाकालं सुखं मम । तत्र निर्विघ्नकर्त्री त्वं भव श्रीरामपूजिते ॥' इन मन्त्रोंसे शमीकी और '**अश्मन्तक महावृक्ष महादोषनिवारक ।इष्टानां दर्शनं देहि शत्रूणां च विनाशनम् ॥**'

चापमन्त्रः

सर्वायुधमहामात्र सर्वदेवारिसूदन।
चाप मां समरे रक्ष साकं शरवरैरिह॥
धृतः कृष्णेन रक्षार्थं संहाराय हरेण च।
त्रयीमूर्तिगतं देवं धनुरस्त्रं नमाम्यहम्॥

शक्तिमन्त्रः

शक्तिस्त्वं सर्वदेवानां गुहस्य च विशेषतः।
शक्तिरूपेण देवि त्वं रक्षां कुरु नमोऽस्तु ते॥

कुन्तमन्त्रः

प्रास पातय शत्रूंस्त्वमनया नाकमायया।
गृहाण जीवितं तेषां मम सैन्यं च रक्षय॥

अग्नियन्त्रमन्त्रः

अग्निशस्त्र नमस्तेऽस्तु दूरतः शत्रुनाशन।
शत्रून् दह हि शीघ्रं त्वं शिवं मे कुरु सर्वदा॥

पाशमन्त्रः

पाश त्वं नागरूपोऽसि विषपूर्णो विषोद्भवः।
शत्रवो हि त्वया बद्धा नागपाश नमोऽस्तु ते॥

परशुमन्त्रः

परशो त्वं महातीक्ष्ण सर्वदेवारिसूदन।
देवीहस्तस्थितो नित्यं शत्रुक्षय नमोऽस्तु ते॥

ध्वजमन्त्रः

शक्रकेतो महावीर्य सुपर्णस्त्वय्युपाश्रितः।
पत्रिराज नमस्तेऽस्तु तथा नारायणध्वज॥
काश्यपेयारुणभ्रातर्नागारे विष्णुवाहन।
अप्रमेय दुराधर्ष रणे देवारिसूदन॥
गरुत्मन् मारुतगतिस्त्वयि संनिहितो यतः।
साश्वचर्मायुधान् योधान् रक्ष त्वं च रिपून् दह॥

इससे अश्मन्तककी प्रार्थना करके शमीके अथवा अश्मन्तकके या दोनोंके पत्ते लेकर उनमें पूजास्थानकी थोड़ी-सी मृत्तिका और कुछ तण्डुल तथा एक सुपारी रखकर कपड़ेमें बाँध ले और कार्यसिद्धिकी कामनासे अपने पास रखे। फिर आचार्यादिका आशीर्वाद प्राप्तकर वहाँ ही पूर्व दिशामें विष्णुकी परिक्रमा करके अपने शत्रुके स्वरूपको

पताकामन्त्रः

हुतभुग् वसवो रुद्रा वायुः सोमो महर्षयः।
नागकिन्नरगन्धर्वयक्षभूतगणग्रहाः ॥
प्रमथास्तु सहादित्यैर्भूतेशो मातृभिः सह।
शक्रसेनापतिः स्कन्दो वरुणश्चाश्रितस्त्वयि॥
प्रदहन्तु रिपून् सर्वान् राजा विजयमृच्छतु।
यानि प्रयुक्तान्यरिभिरायुधानि समन्ततः॥
पतन्तूपरि शत्रूणां हतानि तव तेजसा।
हिरण्यकशिपोर्युद्धे युद्धे दैवासुरे तथा।
कालनेमिवधे यद्वद् यद्वत् त्रिपुरघातने॥
शोभितासि तथैवाद्य शोभयास्मांश्च संस्मर।
नीलां श्वेतामिमां दृष्ट्वा नश्यन्त्वाशु नृपारयः॥
व्याधिभिर्विविधैर्घोरैः शस्त्रैश्च युधि निर्जिताः।
सद्यः स्वस्था भवन्त्वस्मात्त्वद्वातेनापमार्जिताः॥
पूतना रेवती नाम्ना कालरात्रिश्च या स्मृता।
दहत्वाशु रिपून् सर्वान् पताके त्वं मयार्चिता॥

कनकदण्डमन्त्रः

प्रोत्सारणाय दुष्टानां साधुसंरक्षणाय च।
ब्रह्मणा निर्मितश्चासि व्यवहारप्रसिद्धये॥
यशो देहि सुखं देहि जयदो भव भूपतेः।
ताडयस्व रिपून् सर्वान् हेमदण्ड नमोऽस्तु ते॥

दुन्दुभिमन्त्रः

दुन्दुभे त्वं सपत्नानां घोरो हृदयकर्षणः।
तथास्तु तव शब्देन हर्षोऽस्माकं मुदावहः॥
भव भूमिपसैन्यानां तथा विजयवर्धनः।
यथा जीमूतघोषेण प्रहृष्यन्ति च बर्हिणः॥

हृदयमें और उसकी प्रतिकृति (मूर्ति या चित्रादि)-को दृष्टिमें रखकर (तोप, बंदूक या) सुवर्णके शरसे उसके हृदयके मर्मस्थलका भेदन करे और खड्गको हाथमें लेकर दक्षिण दिशासे आरम्भ करके वृक्षके समीपकी चारों दिशाओंमें जाकर सब दिशाओंकी विजय करे और

तथास्तु तव शब्देन हर्षोऽस्माकं मुदावहः।
यथा जीमूतशब्देन स्त्रीणां त्रासोऽभिजायते॥
तथैव तव शब्देन त्रस्यन्त्वस्मद्द्विषो रणे।

शंखमन्त्रः

पुण्यस्त्वं शंख पुण्यानां मंगलानां च मंगलम्।
विष्णुना विधृतो नित्यमतः शान्तिप्रदो भव॥

सिंहासनमन्त्रः

विजयो जयदो जेता रिपुहन्ता शुभंकरः।
दुःखहा धर्मदः शान्तः सर्वारिष्टविनाशनः॥
एते वै संनिधौ यस्मात् तव सिंहा महाबलाः।
तेन सिंहासनेति त्वं वेदैर्मन्त्रैश्च गीयसे॥
त्वयि स्थितः शिवः शान्तस्त्वयि शक्रः सुरेश्वरः।
त्वयि स्थितो हरिर्देवस्त्वदर्थं तप्यते तपः॥
नमस्ते सर्वतोभद्र भद्रदो भव भूपतेः।
त्रैलोक्यजयसर्वस्व सिंहासन नमोऽस्तु ते॥

अश्वपूजनम्

तद्दक्षिणकर्णे जपेत्।

कुलाभिजनजात्या च लक्षणैर्व्यञ्जनोत्तमैः।
भर्तारमभिरक्ष त्वं शिवं तव भवेदिति॥
कशाघातमधिष्ठानं क्षमस्व तुरगोत्तम।

ततोऽश्वाय भक्ष्यं दत्त्वा—

अश्वराज पुरोधास्तु विष्णुस्ते पुरतः स्थितः।
वरुणः पाशहस्तस्त्वां पृष्ठतः परिरक्षतु॥
वैवस्वतकुबेरौ च पार्श्वयोरभिरक्षताम्।
चन्द्रादित्यौ पृष्ठवंशे उदरं पृथिवीधरः॥
रक्षन्तु वक्त्रं गन्धर्वा बलमिन्द्रो ददातु ते।
हविःशेषमिति प्राश्यं विजयार्थं महीपतेः॥

शत्रुको जीत लिया है, यह कहे। इसके बाद यथापूर्व नगरमें जाकर प्रवेशद्वारपर नीराजनादि कराकर निवास करे।

(१८) **अपराजिता-पूजा** (निर्णयामृत)—आश्विन शुक्ल दशमीको प्रस्थान करनेके पहले अपराजिताका पूजन किया जाता है। उसके लिये अक्षतादिके अष्टदलपर मृत्तिकाकी मूर्ति स्थापन करके '**ॐ अपराजितायै नमः**' इससे अपराजिताका, (उसके दक्षिण भागमें) '**ॐ क्रियाशक्त्यै नमः**' इससे जयाका, (उसके वाम भागमें) '**ॐ**

आचमनं दत्त्वा स्तुतिं पठेत्—

गन्धर्वकुलजातस्त्वं मा भूयाः कुलदूषकः।
ब्रह्मणः सत्यवाक्येन सोमस्य वरुणस्य च॥
प्रभावाच्च हुताशस्य वर्धय त्वं तुरंग माम्।
तेजसा चैव सूर्यस्य मुनीनां तपसा तथा॥
रुद्रस्य ब्रह्मचर्येण पवनस्य बलेन च।
स्मर त्वं राजपुत्रं च कौस्तुभं च मणिं स्मर॥
सुरासुरैर्मथ्यमानक्षीरोदादमृतादिभिः।
जात उच्चैःश्रवाः पूर्वं तेन जातोऽसि तत् स्मर॥
यां गतिं ब्रह्महा गच्छेन्मातृहा पितृहा तथा।
भूमिहानृतवादी च क्षत्रियश्च पराङ्मुखः॥
सूर्याचन्द्रमसौ वायुर्यावत् पश्यति दुष्कृतम्।
व्रजाश्व तां गतिं क्षिप्रं तच्च पापं भवेत् तव॥
विकृतिं यदि गच्छेथा युद्धाध्वनि तुरंगम।
विजित्य समरे शत्रून् सह भर्त्रा सुखी भव॥

शिविकामन्त्रः

महेन्द्रनिर्मिते दिव्ये देवराजादिसेविते।
शिविके रक्ष मां नित्यं सदा त्वं संनिधौ भव॥
निर्मितासि कुबेरेण या त्वं निद्रासुखार्थिना।
शिविके पाहि मां नित्यं शान्तिं देहि नमोऽस्तु ते॥

रथमन्त्रः

शस्त्रास्त्रधारणार्थाय निर्मितो विश्वकर्मणा।
रथनेमिस्वनैर्घोरै रिपोर्हृदयकम्पनः॥

उमायै नमः' इससे विजयाका स्थापन करके आवाहनादि पूजन करे और '**चारुणा मुखपद्मेन विचित्रकनकोज्ज्वला। जया देवी भवे भक्ता सर्वकामान् ददातु मे॥ कांचनेन विचित्रेण केयूरेण विभूषिता। जयप्रदा महामाया शिवभावितमानसा॥ विजया च महाभागा ददातु विजयं मम। हारेण सुविचित्रेण भास्वत्कनकमेखला। अपराजिता रुद्ररता करोतु विजयं मम॥**' इनसे जया-विजया और अपराजिताकी प्रार्थना करके हरिद्रासे रँगे हुए वस्त्रमें दूब और सरसों रखकर डोरा बनावे। फिर '**सदापराजिते यस्मात्त्वं लतासूत्तमा स्मृता। सर्वकामार्थसिद्ध्यर्थं तस्मात्त्वां धारयाम्यहम्॥**' इस मन्त्रसे उसे अभिमन्त्रित करके—'**जयदे वरदे देवि दशम्यामपराजिते। धारयामि भुजे दक्षे जयलाभाभिवृद्धये**'॥ से उक्त डोरेको दाहिने हाथमें धारण करे।

(१९) रावण-वध (व्रतोत्सव)—पहले शमी-पूजनमें बतलाया गया है कि शत्रुकी प्रतिकृति (तत्तुल्य मूर्ति या चित्र) बनाकर सुवर्णके शरसे उसके मर्मस्थानका भेदन करे।

गजमन्त्रः

कुमुदैरावणौ पद्मः पुष्पदन्तोऽथ वामनः।
सुप्रतीकोऽञ्जनो नील एतेऽष्टौ देवयोनयः॥
तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च वनान्यष्टौ समाश्रिताः।
मन्दो भद्रो मृगश्चैव राजा संकीर्ण एव च॥
वने वने प्रसूतास्ते स्मर योनिं महागज।
पान्तु त्वां वसवो रुद्रा आदित्याः समरुद्गणाः॥
भर्तारं रक्ष नागेन्द्र स्वामी च प्रतिपाल्यताम्।
अवाप्नुहि जयं युद्धे गमने स्वस्तितो व्रज॥
श्रीस्ते सोमाद् बलं विष्णोस्तेजः सूर्याज्जवोऽनिलात्।
स्थैर्यं मेरोर्जयं रुद्राद् यशो देवात् पुरन्दरात्॥
युद्धे रक्षन्तु नागास्त्वां दिशश्च सह दैवतैः।
अश्विनौ सह गन्धर्वैः पान्तु त्वां सर्वतः सदा॥

इति राजचिह्नादिपूजनविधिः।

(२०) शुक्लैकादशी (पद्मपुराण)—पापपरायण पुरुषोंके पापोंको वशवर्ती बनानेमें आश्विन शुक्ल एकादशी अंकुशके समान है। इसी कारण इसका नाम 'पापांकुशा' है। यह स्वर्ग और मोक्षको देनेवाली, शरीरको नीरोग रखनेवाली, सुन्दरी, सुशीला, स्त्री, सदाचारी पुत्र और सुस्थिर धन देनेवाली है। उस दिन दिनमें भगवान्‌का पूजन और रात्रिमें उनके सम्मुख जागरण करके दूसरे दिन पूर्वाह्णमें पारण करके व्रतको समाप्त करे।

(२१) पुत्रप्राप्तिव्रत (भविष्योत्तर)—आश्विन शुक्ल एकादशीको स्नान करके उपवास रखे और भगवान्‌का पूजन करके रात्रिके समय दूध देती हुई सवत्सा गौकी पूजा करके दूसरे दिन दिनभर व्रत रखे और रात्रिमें भोजन करे। इस प्रकार इसी (आ० शु०) एकादशीको १२ वर्ष या प्रत्येक महीनेकी शुक्ल द्वादशीको १२ मास व्रत करे और प्रतिमास या प्रतिवर्ष (पहले-दूसरे मास या वर्षके क्रमसे) १-अपराजित, २-अजातशत्रु, ३-पुराकृत, ४-पुरन्दर, ५-वर्धमान, ६-सुरेश, ७-महाबाहु, ८-प्रभु, ९-विभु, १०-सुभूति, ११-सुमन और १२-सुप्रचेता—इन १२ नामोंसे हरिका स्मरण करे तो देवतुल्य दीर्घायु पुत्र होता है।

(२२) पद्मनाभव्रत (वाराहपुराण)—आश्विन शुक्ल द्वादशीको पद्मपर प्रतिष्ठित किये हुए सनातन पद्मनाभका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके जागरण करे और व्रत रखे तो इस व्रतसे अनेक गोदानके समान फल होता है।

(२३) प्रदोषव्रत—आश्विन शुक्ल त्रयोदशीको सूर्यास्तसे पहले स्नान करके यथालब्धोपचारोंसे शिवजीका पूजन करे और रात्रि होनेपर एक बार भोजन करे।

(२४) कोजागरव्रत (कृत्यनिर्णयादि)—आश्विन शुक्ल निशीथव्यापिनी पूर्णिमाको ऐरावतपर आरूढ हुए इन्द्र और

महालक्ष्मीका पूजन करके उपवास करे और रात्रिके समय घृतपूरित और गन्ध-पुष्पादिसे सुपूजित एक लाख, पचास हजार, दस हजार, एक हजार या केवल एक सौ दीपक प्रज्वलित करके देवमन्दिरों, बाग-बगीचों, तुलसी-अश्वत्थके वृक्षों, बस्तीके रास्ते, चौराहे, गली और वास-भवनोंकी छत आदिपर रखे और प्रातःकाल होनेपर स्नानादि करके इन्द्रका पूजनकर ब्राह्मणोंको घी-शक्कर मिली हुई खीरका भोजन कराकर वस्त्रादिकी दक्षिणा और स्वर्णादिके दीपक दे तो अनन्त फल होता है। इस दिन रात्रिके समय इन्द्र और लक्ष्मी पूछते हैं कि 'कौन जागता है?' इसके उत्तरमें उनका पूजन और दीपज्योतिका प्रकाश देखनेमें आये तो अवश्य ही लक्ष्मी और प्रभुत्व प्राप्त होता है।

(२५) शरत्पूर्णिमा (कृत्यनिर्णयामृत)—इसमें प्रदोष और निशीथ दोनोंमें होनेवाली पूर्णिमा ली जाती है। यदि पहले दिन निशीथव्यापिनी हो और दूसरे दिन प्रदोषव्यापिनी न हो तो पहले दिन व्रत करना चाहिये। १—इस दिन काँसीके पात्रमें घी भरकर सुवर्णसहित ब्राह्मणको दे तो ओजस्वी होता है, २—अपराह्णमें हाथियोंका नीराजन करे तो उत्तम फल मिलता है और ३—अन्य प्रकारके अनुष्ठान करे तो उनकी सफल सिद्धि होती है। इसके अतिरिक्त आश्विन शुक्ल निशीथव्यापिनी पूर्णिमाको प्रभातके समय आराध्यदेवको सुश्वेत वस्त्राभूषणादिसे सुशोभित करके षोडशोपचार पूजन करे और रात्रिके समय उत्तम गोदुग्धकी खीरमें घी और सफेद खाँड मिलाकर अर्द्धरात्रिके समय भगवान्‌के अर्पण करे। साथ ही पूर्ण चन्द्रमाके मध्याकाशमें स्थित होनेपर उनका पूजन करे और पूर्वोक्त प्रकारकी खीरका नैवेद्य अर्पण करके दूसरे दिन उसका भोजन करे।

कार्तिकके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) **कार्तिकस्नान** (हेमाद्रि)—धर्म-कर्मादिकी साधनाके लिये स्नान करनेकी सदैव आवश्यकता होती है। इसके सिवा आरोग्यकी अभिवृद्धि और उसकी रक्षाके लिये भी नित्य स्नानसे कल्याण होता है। विशेषकर माघ, वैशाख और कार्तिकका नित्य स्नान अधिक महत्त्वका है। मदनपारिजातमें लिखा है कि—'**कार्तिकं सकलं मासं नित्यस्नायी जितेन्द्रियः। जपन् हविष्यभुक्छान्तः सर्वपापैः प्रमुच्यते॥**' कार्तिक मासमें जितेन्द्रिय रहकर नित्य स्नान करे और हविष्य (जौ, गेहूँ, मूँग तथा दूध-दही और घी आदि)-का एक बार भोजन करे तो सब पाप दूर हो जाते हैं। इस व्रतको आश्विनकी पूर्णिमासे प्रारम्भ करके ३१वें दिन कार्तिक शुक्ल पूर्णिमाको समाप्त करे। इसमें स्नानके लिये घरके बर्तनोंकी अपेक्षा कुँआ, बावली या तालाब आदि अच्छे होते हैं और कूपादिकी अपेक्षा कुरुक्षेत्रादि तीर्थ, अयोध्या आदि पुरियाँ और काशीकी पाँचों नदियाँ एक-से-एक अधिक उत्तम हैं। ध्यान रहे कि स्नानके समय जलाशयमें प्रवेश करनेके पहले हाथ-पाँव और मैल अलग धो ले। आचमन करके चोटी बाँध ले और जल-कुशसे संकल्प करके स्नान करे। संकल्पमें कुशा लेनेके लिये अंगिराने लिखा है कि '**विना दर्भैश्च यत् स्नानं यच्च दानं विनोदकम्। असंख्यातं च यज्जप्तं तत् सर्वं निष्फलं भवेत्॥**' स्नानमें कुशा, दानमें संकल्पका जल और जपमें संख्या न हो तो ये सब फलदायक नहीं होते।.....यह लिखनेकी आवश्यकता नहीं कि धर्मप्राण भारतके बड़े-बड़े नगरों, शहरों या गाँवोंमें ही नहीं, छोटे-छोटे टोलेतकमें भी अनेक नर-नारी

(विशेषकर स्त्रियाँ) बड़े सबेरे उठकर कार्तिकस्नान करतीं, भगवान्‌के भजन गातीं और एकभुक्त, एकग्रास, ग्रास-वृद्धि, नक्तव्रत या निराहारादि व्रत करती हैं और रात्रिके समय देवमन्दिरों, चौराहों, गलियों, तुलसीके बिरवों, पीपलके वृक्षों और लोकोपयोगी स्थानोंमें दीपक जलातीं और लम्बे बाँसमें लालटेन बाँधकर किसी ऊँचे स्थानमें 'आकाशी दीपक' प्रकाशित करती हैं।

(२) करकचतुर्थी (करवाचौथ) (वामनपुराण)—यह व्रत कार्तिक कृष्णकी चन्द्रोदयव्यापिनी चतुर्थीको किया जाता है। यदि वह दो दिन चन्द्रोदयव्यापिनी हो या दोनों ही दिन न हो तो '**मातृविद्धा प्रशस्यते**' के अनुसार पूर्वविद्धा लेना चाहिये। इस व्रतमें शिव-शिवा, स्वामिकार्तिक और चन्द्रमाका पूजन करना चाहिये और नैवेद्यमें (काली मिट्टीके कच्चे करवेमें चीनीकी चासनी ढालकर बनाये हुए) करवे या घीमें सेंके हुए और खाँड मिले हुए आटेके लड्डू अर्पण करने चाहिये। इस व्रतको विशेषकर सौभाग्यवती स्त्रियाँ अथवा उसी वर्षमें विवाही हुई लड़कियाँ करती हैं और नैवेद्यके १३ करवे या लड्डू और १ लोटा, १ वस्त्र और १ विशेष करवा पतिके माता-पिताको देती हैं।······व्रतीको चाहिये कि उस दिन प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करके '**मम सुख सौभाग्य-पुत्रपौत्रादिसुस्थिरश्रीप्राप्तये करकचतुर्थीव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके बालू (सफेद मिट्टी)-की वेदीपर पीपलका वृक्ष लिखे और उसके नीचे शिव-शिवा और षण्मुखकी मूर्ति अथवा चित्र स्थापन करके '**नमः शिवायै शर्वाण्यै सौभाग्यं संततिं शुभाम्। प्रयच्छ भक्तियुक्तानां नारीणां हरवल्लभे॥**' से शिवा (पार्वती)-का षोडशोपचार पूजन करे और '**नमः शिवाय**' से शिव तथा '**षण्मुखाय नमः**' से स्वामिकार्तिकका

पूजन करके नैवेद्यका पक्वान्न (करवे) और दक्षिणा ब्राह्मणको देकर चन्द्रमाको अर्घ्य दे और फिर भोजन करे। इसकी कथाका सार यह है कि—'शाकप्रस्थपुरके वेदधर्मा ब्राह्मणकी विवाहिता पुत्री वीरवतीने करकचतुर्थीका व्रत किया था। नियम यह था कि चन्द्रोदयके बाद भोजन करे। परंतु उससे भूख नहीं सही गयी और वह व्याकुल हो गयी। तब उसके भाईने पीपलकी आड़में महताब (आतिशबाजी) आदिका सुन्दर प्रकाश फैलाकर चन्द्रोदय दिखा दिया और वीरवतीको भोजन करवा दिया। परिणाम यह हुआ कि उसका पति तत्काल अलक्षित हो गया और वीरवतीने बारह महीनेतक प्रत्येक चतुर्थीका व्रत किया तब पुनः प्राप्त हुआ।

(३) दशरथपूजा (संवत्सरप्रदीप)—कार्तिक कृष्ण चतुर्थीको दशरथजीका पूजन करे और उनके समीपमें दुर्गाका पूजन करे तो सब प्रकारके सुख उपलब्ध होते हैं।

(४) दम्पत्यष्टमी (हेमाद्रि)—पुत्रकी कामनावाले स्त्री-पुरुषोंको चाहिये कि वे कार्तिक कृष्णाष्टमीको डाभकी पार्वती और शिव बनाकर उनका स्नान, गन्ध, अक्षत, पुष्प और नैवेद्यसे पूजन करें और उनके समीपमें ब्राह्मणका पूजन करके उसे दक्षिणा दें। ऐसा करनेसे पुत्रकी प्राप्ति होती है। इस व्रतमें चन्द्रोदयव्यापिनी तिथि लेनी चाहिये। यदि वह दो दिन हो या दोनों ही दिन न हो तो दूसरे दिन व्रत करना चाहिये।

(५) कृष्णैकादशी (ब्रह्मवैवर्त)—कार्तिक कृष्णकी एकादशीका नाम 'रमा' है। इसका व्रत करनेसे सब पापोंका क्षय होता है। इसकी कथाका सार यह है कि—'प्राचीन कालमें मुचुकुन्द नामका राजा बड़ा धर्मात्मा था। उसके इन्द्र, वरुण, यम, कुबेर और विभीषण-जैसे मित्र और चन्द्रभागा-जैसी पुत्री थी। उसका विवाह दूसरे राज्यके शोभनके साथ हुआ था। विवाहके बाद वह

ससुराल गयी तो उसने देखा कि वहाँका राजा एकादशीका व्रत करवानेके लिये ढोल बजवाकर ढिंढोरा पिटवाता है और उससे उसका पति सूखता है। यह देखकर चन्द्रभागाने अपने पतिको समझाया कि 'इसमें कौन-सी बड़ी बात है। हमारे यहाँ तो हाथी, घोड़े, गाय, बैल, भैंस, बकरी और भेड़तकको एकादशी करनी पड़ती है और एतन्निमित्त उस दिन उनको चारा-दानातक नहीं दिया जाता।' यह सुनकर शोभनने व्रत कर लिया।

(६) गोवत्सद्वादशी (मदनरत्नान्तर्गत भविष्योत्तरपुराण)—यह व्रत कार्तिक कृष्ण द्वादशीको किया जाता है। इसमें प्रदोषव्यापिनी तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन हो या न हो तो '**वत्सपूजा वटश्चैव कर्तव्यौ प्रथमेऽहनि**' के अनुसार पहले दिन व्रत करना चाहिये। उस दिन सायंकालके समय गायें चरकर वापस आयें तब तुल्य वर्णकी गौ और बछड़ेका गन्धादिसे पूजन करके '**क्षीरोदार्णवसम्भूते सुरासुरनमस्कृते। सर्वदेवमये मातर्गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से उसके (आगेके) चरणोंमें अर्घ्य दे और '**सर्वदेवमये देवि सर्वदेवैरलंकृते। मातर्ममाभिलषितं सफलं कुरु नन्दिनि॥**' से प्रार्थना करे। इस बातका स्मरण रखे कि उस दिनके भोजनके पदार्थोंमें गायका दूध, दही, घी, छाछ और खीर तथा तेलके पके हुए भुजिया पकौड़ी या अन्य कोई पदार्थ न हों।

(७) नीराजनद्वादशी (भविष्योत्तर)—कार्तिक कृष्ण द्वादशीको प्रातःस्नानसे निवृत्त होकर काँसे आदिके उज्ज्वल पात्रमें गन्ध, अक्षत, पुष्प और जलका पात्र रखकर देवता, ब्राह्मण, गुरुजन (बड़े-बूढ़े), माता और घोड़े आदिका नीराजन (आरती) करे तो अक्षय फल होता है। यह नीराजन पाँच दिनतक किया जाता है।

(८) यम-दीपदान (स्कन्दपुराण)—कार्तिक कृष्ण त्रयोदशीको सायंकालके समय किसी पात्रमें मिट्टीके दीपक रखकर उन्हें तिलके तेलसे पूर्ण करे। उनमें नवीन रूईकी बत्ती रखे और उनको प्रकाशित करके गन्धादिसे पूजन करे। फिर दक्षिण दिशाकी ओर मुँह करके '**मृत्युना दण्डपाशाभ्यां कालेन श्यामया सह। त्रयोदश्यां दीपदानात् सूर्यजः प्रीयतां मम॥**' से दीपोंका दान करे तो उससे यमराज प्रसन्न होते हैं। यह त्रयोदशी प्रदोषव्यापिनी शुभ होती है। यदि वह दो दिन हो या न हो तो दूसरे दिन करे।

(९) धनत्रयोदशी (व्रतोत्सव)—कार्तिक कृष्ण त्रयोदशीको सायंकालके समय एक दीपकको तेलसे भरकर प्रज्वलित करे और गन्धादिसे पूजन करके अपने मकानके द्वारदेशमें अन्नकी ढेरीपर रखे। स्मरण रहे वह दीप रातभर जलते रहना चाहिये, बुझना नहीं चाहिये।

(१०) गोत्रिरात्र (स्कन्दपुराण)—यह व्रत कार्तिक कृष्ण त्रयोदशीसे दीपावलीके दिनतक किया जाता है। इसमें उदयव्यापिनी तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन हो तो पहले दिन व्रत करे। इस व्रतके लिये गोशाला या गायोंके आने-जानेके मार्गमें आठ हाथ लम्बी और चार हाथ चौड़ी वेदी बनाकर उसपर सर्वतोभद्र लिखे और उसके ऊपर छत्रके आकारका वृक्ष बनाकर उसमें विविध प्रकारके फल, पुष्प और पक्षी बनाये। वृक्षके नीचे मण्डलके मध्य भागमें गोवर्द्धनभगवान्‌की; उनके वाम भागमें रुक्मिणी, मित्रविन्दा, शैब्या और जाम्बवतीकी; दक्षिण भागमें सत्यभामा, लक्ष्मणा, सुदेवा और नाग्नजितिकी; उनके अग्र भागमें नन्दबाबा, पृष्ठ भागमें बलभद्र और यशोदा तथा कृष्णके सामने सुरभी, सुनन्दा, सुभद्रा और कामधेनु गौ—इनकी सुवर्णमयी

सोलह मूर्तियाँ स्थापित करे। उन सबका नाममन्त्र (यथा—**गोवर्द्धनाय नमः** आदि)-से पूजन करके '**गवामाधार गोविन्द रुक्मिणीवल्लभ प्रभो। गोपगोपीसमोपेत गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से भगवान्‌को और '**रुद्राणां चैव या माता वसूनां दुहिता च या। आदित्यानां च भगिनी सा नः शान्तिं प्रयच्छतु॥**' से गौको अर्घ्य दे एवं '**सुरभी वैष्णवी माता नित्यं विष्णुपदे स्थिता। प्रतिगृह्णातु मे ग्रासं सुरभी मे प्रसीदतु॥**' से गौको ग्रास दे। इस प्रकार विविध भाँतिके फल, पुष्प, पक्वान्न और रसादिसे पूजन करके बाँसके पात्रोंमें सप्तधान्य और सात मिठाई भरकर सौभाग्यवती स्त्रियोंको दे। इस प्रकार तीन दिन व्रत करे और चौथे दिन प्रात:स्नानादि करके गायत्रीके मन्त्रसे तिलोंकी १०८ आहुति देकर व्रतका विसर्जन करे तो इससे सुत, सुख और सम्पत्तिका लाभ होता है।

(११) रूपचतुर्दशी (बहुसम्मत)—कार्तिक कृष्ण चतुर्दशीकी रात्रिके अन्तमें—जिस दिन चन्द्रोदयके समय चतुर्दशी हो उस दिन प्रभात समयमें दन्तधावन आदि करके '**यमलोकदर्शनाभावकामोऽहमभ्यंगस्नानं करिष्ये।**' यह संकल्प करे और शरीरमें तिलके तेल आदिका उबटन या मर्दन करके हलसे उखड़ी हुई मिट्टीका ढेला, तुम्बी और अपामार्ग (ऊँगा)—इनको मस्तकके ऊपर बार-बार घुमाकर शुद्ध स्नान करे। यद्यपि कार्तिकस्नान करनेवालोंके लिये '**तैलाभ्यंगं तथा शय्यां परान्नं कांस्यभोजनम्। कार्तिके वर्जयेद् यस्तु परिपूर्णव्रती भवेत्॥**' के अनुसार तैलाभ्यंग वर्जित किया है, किंतु '**नरकस्य चतुर्दश्यां तैलाभ्यंगं च कारयेत्। अन्यत्र कार्तिकस्नायी तैलाभ्यंगं विवर्जयेत्॥**' के आदेशसे नरकचतुर्दशी या (रूपचतुर्दशी)-को तैलाभ्यंग करनेमें कोई दोष नहीं। यदि रूपचतुर्दशी दो दिनतक चन्द्रोदयव्यापिनी

हो तो चतुर्दशीके चौथे प्रहरमें स्नान करना चाहिये। इस व्रतको चार दिनतक करे तो सुख-सौभाग्यकी वृद्धि होती है।

(१२) **हनुमज्जन्म-महोत्सव** (व्रतरत्नाकर)—'**आश्विनस्यासिते पक्षे भूतायां च महानिशि। भौमवारेऽञ्जनादेवी हनूमन्तमजीजनत्॥**' अमान्त आश्विन (कार्तिक) कृष्ण चतुर्दशी भौमवारकी महानिशा (अर्धरात्रि)-में अंजनादेवीके उदरसे हनुमान्‌जीका जन्म हुआ था। अतः हनुमद्-उपासकोंको चाहिये कि वे इस दिन प्रातःस्नानादि करके '**मम शौर्यौदार्यधैर्यादिवृद्ध्यर्थं हनुमत्प्रीतिकामनया हनुमज्जयन्तीमहोत्सवं करिष्ये**' यह संकल्प करके हनुमान्‌जीका यथाविधि षोडशोपचार पूजन करें। पूजनके उपचारोंमें गन्धपूर्ण तेलमें सिन्दूर मिलाकर उससे मूर्तिको चर्चित करे। पुन्नाम (पुरुष नामके हजारा-गुलहजारा आदि)-के पुष्प चढ़ाये और नैवेद्यमें घृतपूर्ण चूरमा या घीमें सेंके हुए और शर्करा मिले हुए आटेका मोदक और केला, अमरूद आदि फल अर्पण करके वाल्मीकीय रामायणके सुन्दरकाण्डका पाठ करे। रात्रिके समय घृतपूर्ण दीपकोंकी दीपावलीका प्रदर्शन कराये। यद्यपि अधिकांश उपासक इसी दिन हनुमज्जयन्ती मनाते हैं और व्रत करते हैं, परन्तु शास्त्रान्तरमें चैत्र शुक्ल पूर्णिमाको हनुमज्जन्मका उल्लेख किया है; अतः इसका चैत्रके व्रतोंमें भी वर्णन मिलेगा और हनुमान्‌जीका पूजाविधान होगा।..... कार्तिक कृष्ण चतुर्दशीको हनुमज्जयन्ती मनानेका यह कारण है कि लंकाविजयके बाद श्रीराम अयोध्या आये। पीछे भगवान् रामचन्द्रजीने और भगवती जानकीजीने वानरादिको विदा करते समय यथायोग्य पारितोषिक दिया था। उस समय इसी दिन (का० कृ० १४ को) सीताजीने हनुमान्‌जीको पहले तो अपने गलेकी माला पहनायी (जिसमें बड़े-बड़े बहुमूल्य मोती और अनेक रत्न थे), परंतु उसमें राम-

नाम न होनेसे हनुमान्‌जी उससे संतुष्ट न हुए। तब सीताने अपने ललाटपर लगा हुआ सौभाग्यद्रव्य 'सिंदूर' प्रदान किया और कहा कि 'इससे बढ़कर मेरे पास अधिक महत्त्वकी कोई वस्तु नहीं है, अतएव तुम इसको हर्षके साथ धारण करो और सदैव अजरामर रहो।' यही कारण है कि कार्तिक कृष्ण १४ को हनुमज्जन्म-महोत्सव मनाया जाता है और तैल-सिंदूर चढ़ाया जाता है।

(१३) यम-तर्पण (कृत्यतत्त्वार्णव)—इसी दिन (का० कृ० १४ को) सायंकालके समय दक्षिण दिशाकी ओर मुँह करके जल, तिल और कुश लेकर देवतीर्थसे '**यमाय धर्मराजाय मृत्यवे अनन्ताय वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय औदुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने वृकोदराय चित्राय** और **चित्रगुप्ताय।**' इनमेंसे प्रत्येक नामका '**नमः**' सहित उच्चारण करके जल छोड़े। यज्ञोपवीतको कण्ठीकी तरह रखे और काले तथा सफेद दोनों प्रकारके तिलोंको काममें ले। कारण यह है कि यममें धर्मराजके रूपसे देवत्व और यमराजके रूपसे पितृत्व—ये दोनों अंश विद्यमान हैं।

(१४) दीपदान (कृत्यचन्द्रिका)—इसी दिन प्रदोषके समय तिल-तेलसे भरे हुए प्रज्वलित और सुपूजित चौदह दीपक लेकर '**यममार्गान्धकारनिवारणार्थे चतुर्दशदीपानां दानं करिष्ये।**' से संकल्प करके ब्रह्मा, विष्णु और महेशादिके मन्दिर, मठ, परकोटा, बाग, बगीचे, बावली, गली, कूचे, नजरनिवास (हमेशा निगाहमें आनेवाले बाग), घुड़शाला तथा अन्य सूने स्थानोंमें भी यथाविभाग दीपस्थापन करे। इस प्रकारके दीपकोंसे यमराज संतुष्ट होते हैं।

(१५) नरकचतुर्दशी (लिंगपुराण)—यह भी इसी दिन होती है। इसके निमित्त चार बत्तियोंके दीपकको प्रज्वलित करके

पूर्वाभिमुख होकर '**दत्तो दीपश्चतुर्दश्यां नरकप्रीतये मया। चतुर्वर्तिसमायुक्तः सर्वपापापनुत्तये॥**' इसका उच्चारण करके दान करे। इस अवसरमें (आतिशबाजी आदिकी बनी हुई) प्रज्वलित उल्का लेकर '**अग्निदग्धाश्च ये जीवा येऽप्यदग्धाः कुले मम। उज्ज्वलज्योतिषा दग्धास्ते यान्तु परमां गतिम्॥**' से उसका दान करे तो उल्का आदिसे मरे हुए मनुष्योंकी सद्गति हो जाती है।

(१६) कार्तिकी अमावास्या (भविष्योत्तर)—इस दिन प्रातः-स्नानादि करनेके अनन्तर देव, पितृ और पूज्यजनोंका अर्चन करे और दूध, दही तथा घी आदिसे श्राद्ध करके अपराह्णके समय नगर, गाँव या बस्तीके प्रायः सभी मकानोंको स्वच्छ और सुशोभित करके विविध प्रकारके गायन, वादन, नर्तन और संकीर्तन करे और प्रदोषकालमें दीपावली सजाकर मित्र, स्वजन या सम्बन्धियोंसहित आधी रातके समय सम्पूर्ण दृश्योंका निरीक्षण करे। उसके बाद रात्रिके शेष भागमें सूप (छाजला) और डिंडिम (डमरू) आदिको वेगसे बजाकर अलक्ष्मीको निकाले।

(१७) कौमुदी-महोत्सव (हेमाद्रि)—उपर्युक्त प्रकारसे हृष्ट-पुष्ट और संतुष्ट होकर दीपक जलाने आदिसे कौमुदी-महोत्सव सम्पन्न होता है। वह्निपुराणके लेखानुसार यह व्रत कार्तिक कृष्ण एकादशीसे आरम्भ होकर अमावास्यातक किया जाता है।

(१८) दीपावली (व्रतोत्सव)—लोकप्रसिद्धिमें प्रज्वलित दीपकोंकी पंक्ति लगा देनेसे 'दीपावली' और स्थान-स्थानमें मण्डल बना देनेसे 'दीपमालिका' बनती है, अतः इस रूपमें ये दोनों नाम सार्थक हो जाते हैं। इस प्रकारकी दीपावली या दीपमालिका सम्पन्न करनेसे '**कार्तिके मास्यमावास्या तस्यां**

दीपप्रदीपनम्। शालायां ब्राह्मणः कुर्यात् स गच्छेत् परमं पदम्॥' के अनुसार परमपद प्राप्त होता है। ब्रह्मपुराणमें लिखा है कि 'कार्तिककी अमावास्याको अर्धरात्रिके समय लक्ष्मी महारानी सद्गृहस्थोंके मकानोंमें जहाँ-तहाँ विचरण करती हैं। इसलिये अपने मकानोंको सब प्रकारसे स्वच्छ, शुद्ध और सुशोभित करके दीपावली अथवा दीपमालिका बनानेसे लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनमें स्थायीरूपसे निवास करती हैं। इसके सिवा वर्षाकालके किये हुए दुष्कर्म (जाले, मकड़ी, धूल-धमासे और दुर्गन्ध आदि) दूर करनेके हेतुसे भी कार्तिकी अमावास्याको दीपावली लगाना हितकारी होता है। यह अमावास्या प्रदोषकालसे आधी राततक रहनेवाली श्रेष्ठ होती है। यदि वह आधी राततक न रहे तो प्रदोषव्यापिनी लेना चाहिये।

(१९) **लक्ष्मीपूजन**—कार्तिक कृष्ण अमावास्या (दीपावलीके दिन) प्रातःस्नानादि नित्यकर्मसे निवृत्त होकर '**मम सर्वापच्छान्तिपूर्वकदीर्घायुष्यबलपुष्टिनैरुज्यादिसकलशुभफलप्राप्त्यर्थं गजतुरगरथराज्यैश्वर्यादिसकलसम्पदामुत्तरोत्तराभिवृद्ध्यर्थम् इन्द्रकुबेरसहितश्रीलक्ष्मीपूजनं करिष्ये।**' यह संकल्प करके दिनभर व्रत रखे और सायंकालके समय पुनः स्नान करके पूर्वोक्त प्रकारकी 'दीपावली', 'दीपमालिका' और 'दीपवृक्ष' आदि बनाकर कोशागार (खजाने)-में या किसी भी शुद्ध, सुन्दर, सुशोभित और शान्तिवर्द्धक स्थानमें वेदी बनाकर या चौकी-पाटे आदिपर अक्षतादिसे अष्टदल लिखे और उसपर लक्ष्मीका स्थापन करके '**लक्ष्म्यै नमः**', '**इन्द्राय नमः**' और '**कुबेराय नमः**'—इन नामोंसे तीनोंका पृथक्-पृथक् (या एकत्र) यथाविधि पूजन करके '**नमस्ते सर्वदेवानां वरदासि हरेः प्रिया। या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां सा मे भूयात्त्वदर्चनात्॥**' से 'लक्ष्मी' की; '**ऐरावतसमारूढो वज्रहस्तो महाबलः। शतयज्ञाधिपो**

देवस्तस्मा इन्द्राय ते नमः ॥' से 'इन्द्र' की और '**धनदाय नमस्तुभ्यं निधिपद्माधिपाय च। भवन्तु त्वत्प्रसादान्मे धनधान्यादिसम्पदः ॥**' से 'कुबेर' की प्रार्थना करे। पूजनसामग्रीमें अनेक प्रकारकी उत्तमोत्तम मिठाई, उत्तमोत्तम फल-पुष्प और सुगन्धपूर्ण धूप-दीपादि ले और ब्रह्मचर्यसे रहकर उपवास अथवा नक्तव्रत करे।

शुक्लपक्ष

(१) गोवर्धनपूजा (हेमाद्रि)—दीपावलीके दूसरे दिन प्रभातके समय मकानके द्वारदेशमें गौके गोबरका गोवर्धन बनाये। शास्त्रमें उसको शिखरप्रयुक्त, वृक्ष-शाखादिसे संयुक्त और पुष्पादिसे सुशोभित बनानेका विधान है; किंतु अनेक स्थानोंमें उसे मनुष्यके आकारका बनाकर पुष्पादिसे भूषित करते हैं। चाहे जैसा हो, उसका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके '**गोवर्धन धराधार गोकुल-त्राणकारक। विष्णुबाहुकृतोच्छ्राय गवां कोटिप्रदो भव॥**' से प्रार्थना करे। इसके पीछे भूषणीय गौओंका आवाहन करके उनका यथाविधि पूजन करे और '**लक्ष्मीर्या लोकपालानां धेनुरूपेण संस्थिता। घृतं वहति यज्ञार्थे मम पापं व्यपोहतु॥**' से प्रार्थना करके रात्रिमें गौसे गोवर्धनका उपमर्दन कराये।

(२) अन्नकूट (भागवत और व्रतोत्सव)—कार्तिक शुक्ल प्रतिपदाको भगवान्के नैवेद्यमें नित्यके नियमित पदार्थोंके अतिरिक्त यथासामर्थ्य (दाल, भात, कढ़ी, साग आदि 'कच्चे'; हलवा, पूरी, खीर आदि 'पक्के'; लड्डू, पेड़े, बर्फी, जलेबी आदि 'मीठे'; केले, नारंगी, अनार, सीताफल आदि 'फल'-फूल; बैगन, मूली, साग-पात, रायते, भुजिये आदि 'सलूने' और चटनी, मुरब्बे, अचार आदि खट्टे-मीठे-चरपरे) अनेक प्रकारके पदार्थ बनाकर अर्पण करे और भगवान्के भक्तोंको यथाविभाग भोजन कराकर शेष सामग्री आशार्थियोंमें वितरण करे। अन्नकूट

यथार्थमें गोवर्धनकी पूजाका ही समारोह है। प्राचीन कालमें व्रजके सम्पूर्ण नर-नारी अनेक पदार्थोंसे इन्द्रका पूजन करते और नाना प्रकारके षड्रसपूर्ण (छप्पन भोग, छत्तीसों व्यंजन) भोग लगाते थे। किंतु श्रीकृष्णने अपनी बालकावस्थामें ही इन्द्रकी पूजाको निषिद्ध बतलाकर गोवर्धनका पूजन करवाया और स्वयं ही दूसरे स्वरूपसे गोवर्धन बनकर अर्पण की हुई सम्पूर्ण भोजन-सामग्रीका भोग लगाया। यह देखकर इन्द्रने व्रजपर प्रलय करनेवाली वर्षा की, किंतु श्रीकृष्णने गोवर्धन पर्वतको हाथपर उठाकर और व्रजवासियोंको उसके नीचे खड़े रखकर बचा लिया।

(३) मार्गपाली (आदित्यपुराण)—कार्तिक शुक्ल प्रतिपदाको सायंकालके समय कुश या काँसका लम्बा और मजबूत रस्सा बनाकर उसमें जहाँ-तहाँ अशोक (आशापाला)-के पत्ते गूँथकर बंदनवार बनवाये और राजप्रासादके प्रवेश-द्वारपर अथवा दरवाजेके आकारके दो अति उच्चस्तम्भोंपर इस सिरेसे उस सिरेतक बँधवा दे और गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके '**मार्गपालि नमस्तेऽस्तु सर्वलोकसुखप्रदे। विधेयैः पुत्रदाराद्यैः पुनरेहि व्रतस्य मे॥**' से प्रार्थना करे। इसके बाद सर्वप्रथम नराधिप (या बस्तीका कोई भी प्रधान पुरुष) और राजपरिवार और उनके पीछे नगरके नर-नारी और हाथी, घोड़े आदि हर्षध्वनिके साथ जयघोष करते हुए प्रवेश करें और राजा यथास्थान स्थित होकर सौभाग्यवती स्त्रियोंके द्वारा नीराजन करायें और हो सके तो रात्रिके समय बलिराजाका पूजन करके '**बलिराज नमस्तुभ्यं विरोचनसुत प्रभो। भविष्येन्द्र सुराराते पूजेयं प्रतिगृह्यताम्॥**' से प्रार्थना करे। जिस समय बलिने वामनभगवान्के लिये तीन पैंड पृथ्वीके दानको पूर्ण करनेके लिये आकाश और पातालको दो पैंडमें मानकर तीसरे

पैंडके लिये अपना मस्तक दिया, उस समय भगवान्ने कहा था कि 'हे दानवीर! भविष्यमें इसी प्रतिपदाको तेरा पूजन होगा और उत्सव मनाया जायगा।' इसी कारण उस दिन बलिका पूजन किया जाता है और करना चाहिये। ''''मार्गपाली और बलिकी पूजा करनेसे और विशेषकर मार्गपालीकी बंदनवारके नीचे होकर निकलनेसे उस वर्षमें सब प्रकारकी सुख-शान्ति रहती है और कई रोग दूर हो जाते हैं।''''अनेक बार देखनेमें आता है कि मनुष्योंमें जनपदनाशक महामारी और पशुओंमें बीमारी होती है, तब देहातके अनक्षर और साक्षर सामूहिकरूपमें सलाह करके सन, सूत या खींपका बहुत लम्बा रस्सा बनवाकर उसमें नीमके पत्ते गूँथ देते हैं और बीचमें ५ या ७ पाली नीचे-ऊपर लगाकर उसको गाँवमें प्रवेश करनेकी जगह बाँध देते हैं। ताकि उसके नीचे होकर निकलनेवाले नर-नारी और पशु (गाय, भैंस, भेड़, बकरी आदि) रोगी नहीं होते और सालभर प्रसन्न रहते हैं।

(४) **यमद्वितीया**—कार्तिक शुक्ल द्वितीयाको यमका पूजन किया जाता है, इससे यह 'यमद्वितीया' कहलाती है। इस दिन वणिक्-वृत्तिवाले व्यवहारदक्ष वैश्य मसिपात्रादिका पूजन करते हैं, इस कारण इसे 'कलमदानपूजा' भी कहते हैं और इस दिन भाई अपनी बहिनके घर भोजन करते हैं, इसलिये यह 'भइया दूज' नामसे भी विख्यात है। हेमाद्रिके मतसे यह द्वितीया मध्याह्नव्यापिनी पूर्वविद्धा उत्तम होती है। स्मार्तमतमें आठ भागके दिनके पाँचवें भागकी श्रेष्ठ मानी है और स्कन्दके कथनानुसार अपराह्णव्यापिनी अधिक अच्छी होती है। यही उचित है। व्रतीको चाहिये कि प्रातःस्नानादिके अनन्तर कर्मकालके समय अक्षतादिके अष्टदलकमलपर गणेशादिका स्थापन करके '**मम यमराजप्रीतये यमपूजनम्—व्यवसाये व्यवहारे वा सकलार्थसिद्धये मसिपात्रादीनां पूजनम्—भ्रातुरायुष्यवृद्धये**

मम सौभाग्यवृद्धये च भ्रातृपूजनं च करिष्ये।' यह संकल्प करके गणेशजीका पूजन करनेके अनन्तर यमका, चित्रगुप्तका, यमदूतोंका और यमुनाका पूजन करे तथा '**धर्मराज नमस्तुभ्यं नमस्ते यमुनाग्रज। पाहि मां किंकरैः सार्धं सूर्यपुत्र नमोऽस्तु ते॥**' से 'यम' की— '**यमस्वसर्नमस्तेऽस्तु यमुने लोकपूजिते। वरदा भव मे नित्यं सूर्यपुत्रि नमोऽस्तु ते॥**' से 'यमुना' की और '**मसिभाजनसंयुक्तं ध्यायेत्तं च महाबलम्। लेखनीपट्टिकाहस्तं चित्रगुप्तं नमाम्यहम्॥**' से 'चित्रगुप्त' की प्रार्थना करके शंखमें या ताँबेके अर्घ्यपात्रमें अथवा अंजलिमें जल, पुष्प और गन्धाक्षत लेकर '**एह्येहि मार्तण्डज पाशहस्त यमान्तकालोकधरामरेश। भ्रातृद्वितीयाकृतदेवपूजां गृहाण चार्घ्यं भगवन्नमोऽस्तु ते।**' से यमराजको 'अर्घ्य' दे।.....उसी जगह मसिपात्र (दावात), लेखनी (कलम) और राजमुद्रा (मुख्य मुहर) स्थापन करके '**मसिपात्राय नमः।**' '**लेखन्यै नमः।**' और '**राजमुद्रायै नमः।**' इन नाममन्त्रोंसे उनका पूजन करके '**मसि त्वं लेखनीयुक्त-चित्रगुप्तशयस्थिता। सदक्षराणां पत्रे च लेख्यं कुरु सदा मम॥**' से 'मसिपात्र' की; '**या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता या वीणा वरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना। या ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा॥**' '**तरुणशकलमिन्दोर्बिभ्रती शुभ्रकान्तिः कुचभरनमितांगी संनिषण्णा सिताब्जे। निजकरकमलोद्यल्लेखनीपुस्तकश्रीः सकलविभवसिद्ध्यै पातु वाग्देवता नः॥**' '**कृष्णानने कृष्णजिह्वे चित्रगुप्तशयस्थिते। प्रार्थनेयं गृहाण त्वं सदैव वरदा भव॥**' से 'लेखनी' की और '**हिमचन्दनकुन्देन्दुकुमुदाम्भोजसंनिभे। प्रार्थनेयं गृहाणेमां नमस्ते राजमुद्रिके॥**' से 'राजमुद्रा' (मुहर)–की प्रार्थना करके सफेद कागजपर श्रीरामजी, '**श्रीरामो जयति, गणपतिर्जयति, शारदायै नमः** और

लक्ष्म्यै नमः' आदि लिखे। इसके अतिरिक्त छोटी भगिनीके घर जाकर बहिनकी की हुई पूजा ग्रहण करे। बहिनको चाहिये कि वह भाईको शुभासनपर बिठाकर उसके हाथ-पैर धुलाये। गन्धादिसे उसका पूजन करे और दाल, भात, फुलके, कढ़ी, सीरा, पूरी, चूरमा अथवा लड्डू, जलेबी, घेवर आदि यथासामर्थ्य उत्तम पदार्थोंका भोजन कराये और '**भ्रातस्तवानुजाताहं भुङ्क्ष्व भक्तमिमं शुभम्। प्रीतये यमराजस्य यमुनाया विशेषतः॥**' से उसका अभिनन्दन करे। इसके बाद भाई बहिनको यथासामर्थ्य अन्न-वस्त्र-आभूषण और सुवर्ण-मुद्रादि द्रव्य देकर उससे शुभाशिष प्राप्त करे।.....यदि सहजा (सगी) बहिन न हो तो पितृव्य-पुत्री (काकाकी कन्या), मातुल-पुत्री (मामाकी बेटी) या मित्रभगिनी (मित्रकी बहिन)— इनमें जो हो उसके यहाँ भोजन करे। यदि यमद्वितीयाको यमुनाके किनारेपर बहिनके हाथका बनाया भोजन करे तो उससे भाईकी आयुवृद्धि और बहिनके अहिवात (सौभाग्य)-की रक्षा होती है।

(५) नागव्रत (कूर्मपुराण)—कार्तिक शुक्ल चतुर्थीको मध्याह्नके समय शेषसहित शंखपालादि नागोंका पूजन करे, दूधसे स्नान कराये, गन्ध-पुष्प अर्पण करे और दुग्धका पान (भोजन) कराये तो विषजन्य बीमारियोंका भय नहीं होता और न सर्प डसते हैं। यह चतुर्थी मध्याह्नव्यापिनी ली जाती है।

(६) जयापंचमी (भविष्योत्तर)—यह व्रत कार्तिक शुक्ल पंचमीको किया जाता है। एतन्निमित्त तिलोद्वर्तनपूर्वक गंगादि तीर्थोंके स्मरणसहित शुद्ध स्नान करके शुद्धासनपर बैठकर भगवान् 'हरि' का और उनके वाम भागमें 'जया' का स्थापन करे। विविध प्रकारके गन्ध-पुष्पादिसे प्रीतिपूर्वक पूजन करे और हरिके चरण, घुटने, ऊरु, मेढ्र, उदर, वक्षःस्थल, कण्ठ, मुख

और मस्तक इनमें पद्मनाभ, नरसिंह, मन्मथ और दामोदर आदि नामोंसे अंगपूजा करके '**जयाय जयरूपाय जय गोविन्दरूपिणे। जय दामोदरायेति जय सर्व नमोऽस्तु ते॥**' से अर्घ्य दे और बाँसके पात्रमें सप्तधान्य भरकर लाल वस्त्रसे ढँककर '**यथा वेणुफलं दृष्ट्वा तुष्यते मधुसूदनः। तथा मेऽस्तु शुभं सर्वं वेणुपात्रप्रदानतः॥**' से ब्राह्मणोंको दे फिर एक वस्त्रमें गन्ध, अक्षत, पुष्प, सरसों और दूर्वा रखकर 'रक्षापोटलिका' तैयार करके '**येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वामनुबध्नामि रक्षे मा चल मा चल॥**' से रक्षाबन्धन करे। इस व्रतके करनेसे ब्रह्महत्या-जैसे पापोंकी निवृत्ति होती है और सब प्रकारके सुख उपलब्ध होते हैं।

(७) वह्निमहोत्सव (मत्स्यपुराण)—कार्तिक शुक्लपक्षकी भौमयुक्त षष्ठीको अग्निका और स्वामी कार्तिकका पूजन करे और दक्षिण दिशाकी ओर मुख करके घी, शहद, जल और पुष्पादि लेकर '**सप्तर्षिदारज स्कन्द सेनाधिप महाबल। रुद्रोमाग्निज षड्वक्त्र गंगागर्भ नमोऽस्तु ते॥**' से अर्घ्य दे और ब्राह्मणको आमान्न (भोजनयोग्य आटा, दाल आदि) देकर आप भोजन करे तथा रात्रिमें भूमिपर सोये तो रोग-दोषादि दूर हो जाते हैं।

(८) शाकसप्तमी—कार्तिक शुक्ल सप्तमीको उपलब्ध शाक-पत्रादिका दान करके रात्रिमें स्वयं भी शाकमात्रका भोजन करे और फिर प्रत्येक शुक्ल सप्तमीको वर्षपर्यन्त करता रहे तो सम्पूर्ण व्याधियाँ नष्ट हो जाती हैं।

(९) गोष्ठ-(गोप-) अष्टमी (निर्णयामृत, कूर्मपुराण)—कार्तिक शुक्ल अष्टमीको प्रातःकालके समय गौओंको स्नान करावे। गन्ध-पुष्पादिसे उनका पूजन करे और अनेक प्रकारके वस्त्रालंकारसे अलंकृत करके उनके गोपालों (ग्वालों)-का पूजन

करे, गायोंको गोग्रास देकर उनकी परिक्रमा करे और थोड़ी दूरतक उनके साथ जाय तो सब प्रकारकी अभीष्टसिद्धि होती है। इसी गोपाष्टमीको सायंकालके समय गायें चरकर वापस आवें उस समय भी उनका आतिथ्य, अभिवादन और पंचोपचार पूजन करके कुछ भोजन करावे और उनकी चरणरजको मस्तकपर धारण करके ललाटपर लगावे तो उससे सौभाग्यकी वृद्धि होती है।

(१०) **नवमीव्रत** (हेमाद्रि, देवीपुराण)—कार्तिक शुक्ल नवमीको व्रत, पूजा, तर्पण और अन्नादिका दान करनेसे अनन्त फल होता है। इसमें पूर्वाह्णव्यापिनी तिथि ली जाती है। यदि वह दो दिन हो या न हो तो '**अष्टम्या नवमी विद्धा कर्तव्या फलकाङ्क्षिणा। न कुर्यान्नवमीं तात दशम्या तु कदाचन॥**' इस ब्रह्मवैवर्तके वचनके अनुसार पूर्वविद्धा लेनी चाहिये। इस दिनका किया हुआ पूजा-पाठ और दिया हुआ दान-पुण्य अक्षय हो जाता है, इस कारण इसका नाम 'अक्षयनवमी' है। इस दिन गो, भू, हिरण्य और वस्त्राभूषणादिका दान किया जाय तो यथाभाग्य इन्द्रत्व, शूरत्व या नराधिपत्वकी प्राप्ति होती है और ब्रह्महत्या-जैसे महापाप मिट जाते हैं। यही (कार्तिक शुक्ल नवमी) 'धात्रीनवमी' और 'कूष्माण्डनवमी' भी है। अतः इस दिन प्रातःस्नानादि करके धात्रीवृक्ष (आँवला)-के नीचे पूर्वाभिमुख बैठकर '**ॐ धात्र्यै नमः**' से उसका आवाहनादि 'षोडशोपचार' अथवा स्नान-गन्धादि 'पंचोपचार' पूजन करके '**पिता पितामहाश्चान्ये अपुत्रा ये च गोत्रिणः। ते पिबन्तु मया दत्तं धात्रीमूलेऽक्षयं पयः॥ आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं देवर्षिपितृमानवाः। ते पिबन्तु मया दत्तं धात्रीमूलेऽक्षयं पयः॥**' इन मन्त्रोंसे उसके मूलमें दूधकी धारा गिराये, फिर '**दामोदरनिवासायै धात्र्यै देव्यै नमो नमः। सूत्रेणानेन बध्नामि धात्रि देवि नमोऽस्तु ते॥**' इस मन्त्रसे उसको

सूत्रसे आवेष्टित करे (सूत लपेटे) और कर्पूर या घृतपूर्ण बत्तीसे नीराजन करके '**यानि कानि च पापानि०**' से परिक्रमा करे।.....तदनन्तर सुपक्व कूष्माण्ड (अच्छा पका हुआ कोहला—कुम्हड़ा) लेकर उसके अंदर रत्न, सुवर्ण, रजत या रुपया आदि रखकर उसका गन्धादिसे पूजन करके '**कूष्माण्डं बहुबीजाढ्यं ब्रह्मणा निर्मितं पुरा। दास्यामि विष्णवे तुभ्यं पितॄणां तारणाय च॥**' से प्रार्थना करे और दानपात्र ब्राह्मणके तिलक करके '**ममाखिलपापक्षयपूर्वकसुखसौभाग्यादीनामुत्तरोत्तराभिवृद्धये कूष्माण्डदानं करिष्ये।**' यह संकल्प करके ब्राह्मणको दे दे।

(११) सार्वभौमव्रत (वराहपुराण)—कार्तिक शुक्ल दशमीको प्रातःस्नान करके नक्तव्रत करनेकी प्रतिज्ञा करे और विविध प्रकारके चित्र-विचित्र गन्ध-पुष्पादिसे दिशाओंका पूजन करके दध्योदनादिकी शुद्ध बलि दे। उस समय—'**सर्वा भवत्यः सिध्यन्तु मम जन्मनि जन्मनि।**' यह प्रार्थना करे और अर्धरात्रिमें दध्योदन (दही और भात)-का भोजन करे। इस प्रकार प्रत्येक मासकी शुक्ल दशमीको वर्षभर करे तो दिग्विजयी (अथवा सर्वत्र विजयी) होता है।

(१२) आशादशमी (भविष्योत्तर)—धन, राज्य, खेती, वाणिज्य या पुत्रादि प्राप्त होनेकी आशा पूर्ण होनेके लिये कार्तिक शुक्ल दशमी (या किसी भी शुक्ल दशमी)-को स्नान करके शुद्ध स्थानमें जौके चूर्णसे सायुध और स्वस्वरूपयुक्त इन्द्रादि दिक्पालोंको लिखकर उनका पूजन करे। गन्ध-पुष्पादि चढ़ाये। घीसे भलीभाँति भीगा हुआ भोजन और कालजात (उस ऋतुके) फल अर्पण करे। दीपक जलाये और '**आशाः स्वाशाः सदा सन्तु सिद्ध्यन्तां मे मनोरथाः। भवतीनां प्रसादेन सदा कल्याणमस्त्विति॥**' से प्रार्थना करे। इस प्रकार वर्षपर्यन्त करे तो

धनार्थी, पुत्रार्थी, सुखार्थी, राज्यार्थी या अन्य कामार्थी आदिकी धन, पुत्र, सुख, राज्य और काम आदिकी आशा सफल हो जाती है।

(१३) आरोग्यव्रत (गरुडपुराण)—कार्तिक शुक्ल नवमी (या किसी भी शुक्ल नवमी)-को उपवास करे। दशमीको स्नान करके हरिका ध्यान करे। फल, पुष्प और मधुरान्न-पानादिका भोग लगावे। साथ ही चक्र, गदा, मूसल, धनुष और खड्ग—इन आयुधोंका लाल पुष्पोंसे पूजन करके गुडान्नका नैवेद्य अर्पण करे। इसके अतिरिक्त अजिन (मृगचर्म)-पर द्रोणपरिमित तिलोंका कमल बनाकर उसपर सुवर्णका अथवा अच्छे वर्णका अष्टदल स्थापित करके उसकी प्रत्येक पँखुड़ीपर पूर्वादिक्रमसे मन, श्रोत्र, त्वचा, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, प्राण और बुद्धि—इनका पूजन करके '**अनामयानीन्द्रियाणि प्राणश्च चिरसंस्थितः। अनाकुला च मे बुद्धिः सर्वे स्युर्निरुपद्रवाः॥ मनसा कर्मणा वाचा मया जन्मनि जन्मनि। संचितं क्षपयत्वेनः कालात्मा भगवान् हरिः॥**' से इनकी प्रार्थना करे तो रोगी नीरोग और सदैव सुस्वस्थ रहता है।

(१४) राज्यप्राप्तिव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—इस व्रतके निमित्त १-क्रतु (यज्ञ), २-दक्ष, ३-वसु, ४-सत्य, ५-काल, ६-काम, ७-मुनि, ८-कुरुवान्मनुज, ९-परशुराम और १०-विश्वेदेव—इनका गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और अन्नादिसे पूजन करके '**पारणान्ते**' (व्रतके अन्तमें) सुवर्णादि सामग्री ब्राह्मणको दे। यह व्रत कार्तिक शुक्ल दशमीसे आरम्भ किया जाता है और उपर्युक्त क्रतु-दक्षादि दस देव केशवके आत्मा हैं, अतः इनके अर्चनसे अवश्य ही राज्यलाभ होता है।

(१५) ब्रह्मप्राप्ति-व्रत(विष्णुधर्मोत्तर)—कार्तिक शुक्ल दशमी (या किसी भी शुक्ल दशमी)-को १-आत्मा, २-आयु, ३-मन, ४-दक्ष, ५-मद, ६-प्राण, ७-हविष्मान् ८-गविष्ठ (स्वर्गस्थ),

९-दत्त और १०-सत्य—इनका तथा अंगिरसका यथाविधि पूजन करके उपवास करे तो ब्रह्मत्वकी प्राप्ति होती है।

(१६) **शुक्लैकादशी** (वराहपुराण)—कार्तिक शुक्ल एकादशी 'प्रबोधिनी' के नामसे मानी जाती है। इसके निमित्त स्नान-दान और उपवास यथापूर्व किये जाते हैं। विशेषता यह है कि एक वेदीपर सोलह आर (कोण या पत्ती)-का कमल बनाकर उसपर सागरोपम, जलपूर्ण, रत्नप्रयुक्त, मलयागिरिसे चर्चित, कण्ठप्रदेशमें नालसे आबद्ध और सुश्वेत वस्त्रसे आच्छादित चार कलश स्थापित करे और उनके बीचमें पीताम्बर धारण किये हुए शंख-चक्र-गदाधारी चतुर्भुज और शेषशायी भगवान्‌की सुवर्णनिर्मित मूर्ति स्थापित करके उसका '**सहस्रशीर्षा०**' आदि ऋचाओंसे अंगन्यासपूर्वक यथाविधि पूजन करे और रात्रिमें जागरण करके दूसरे दिनके प्रभातमें वेदपाठी पाँच ब्राह्मणोंको बुलाकर उक्त चार कलश चारको और योगेश्वर भगवान्‌की (स्वर्णमयी) मूर्ति पाँचवेंको देकर उनको भोजन करवाकर स्वयं भोजन करे तो गंगादि तीर्थों, सुवर्णादि दानों और भगवान् आदिकी पूजाके समान फल होता है।

(१७) **प्रबोधैकादशीकृत्य** (मदनरत्न)—यह तो प्रसिद्ध ही है कि आषाढ़ शुक्लसे कार्तिक शुक्लपर्यन्त ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र, अग्नि, वरुण, कुबेर, सूर्य और सोमादि देवोंसे वन्दित, जगन्निवास, योगेश्वर क्षीरसागरमें शेषशय्यापर चार मास शयन करते हैं और भगवद्भक्त उनके शयनपरिवर्तन और प्रबोधके यथोचित कृत्य दत्तचित्त होकर यथासमय करते हैं। उनमें दो कृत्य आषाढ़ और भाद्रपदके व्रतोंमें प्रकाशित हो चुके हैं और तीसरे (प्रबोध)-का विधान यहाँ प्रकट किया जाता है। यद्यपि भगवान् क्षणभर भी कभी सोते नहीं, तथापि '**यथा देहे तथा देवे**' माननेवाले उपासकोंको शास्त्रीय विधान अवश्य करना चाहिये। यह कृत्य कार्तिक शुक्ल एकादशीको रात्रिके समय

किया जाता है। उस समय शयन करते हुए हरिको जगानेके लिये (१) सुभाषित स्तोत्रपाठ, भगवत्कथा और पुराणादिका श्रवण और भजनादिका 'गायन', (२) घंटा, शंख, मृदंग, नगारे और वीणा आदिका 'वादन' और (३) विविध प्रकारके देवोपम खेल-कूद, लीला और नाच आदिके द्वारा भगवान्‌को जगाये और साथ ही '**उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द त्यज निद्रां जगत्पते। त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत् सुप्तं भवेदिदम्॥**' '**उत्थिते चेष्टते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव। गता मेघा वियच्चैव निर्मलं निर्मलादिशः॥**'— '**शारदानि च पुष्पाणि गृहाण मम केशव।**' इन मन्त्रोंका उच्चारण करे। अनन्तर भगवान्‌के मन्दिर (अथवा सिंहासन)-को नाना प्रकारके लता-पत्र, फल-पुष्प और बंदनवार आदिसे सजावे और 'विष्णुपूजा'—या 'पंचदेवपूजाविधान' अथवा 'रामार्चनचन्द्रिका' आदिके अनुसार भली प्रकार पूजन करे और समुज्ज्वल घृतवर्तिका या कर्पूरादिको प्रज्वलित करके नीराजन (आरती) करे। अनन्तर '**यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन। तेह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः॥**' से पुष्पांजलि अर्पण करके '**इयं तु द्वादशी देव प्रबोधाय विनिर्मिता। त्वयैव सर्वलोकानां हितार्थं शेषशायिना॥**' '**इदं व्रतं मया देव कृतं प्रीत्यै तव प्रभो। न्यूनं सम्पूर्णतां यातु त्वत्प्रसादाज्जनार्दन॥**' से प्रार्थना करे और प्रह्लाद, नारद, पराशर, पुण्डरीक, व्यास, अम्बरीष, शुक, शौनक और भीष्मादि भक्तोंका स्मरण करके चरणामृत, पंचामृत या प्रसादका वितरण करे। इसके पीछे एक रथमें भगवान्‌को विराजमान करके नरवाहनद्वारा उसे संचालित कर नगर, ग्राम या गलियोंमें भ्रमण कराये। जो मनुष्य उस रथके वाहक बनकर उसको चलाते हैं, उनको प्रत्येक पदपर यज्ञके समान फल होता है। जिस समय वामनभगवान् तीन पद भूमि लेकर विदा हुए थे, उस समय सर्वप्रथम दैत्यराज (बलिराजा)-ने वामनजीको

रथमें विराजमान कर स्वयं उसे चलाया था। अतः इस प्रकार करनेसे '**समुत्थिते ततो विष्णौ क्रियाः सर्वाः प्रवर्तयेत्**'। के अनुसार विष्णुभगवान् योगनिद्राको त्यागकर प्रत्येक प्रकारकी क्रिया करनेमें प्रवृत्त हो जाते हैं और प्राणिमात्रका पालन-पोषण और संरक्षण करते हैं। प्रबोधिनीकी पारणामें रेवतीका अन्तिम तृतीयांश हो तो उसको त्यागकर भोजन करना चाहिये।

(१८) भीष्मपंचक (पद्मपुराण)—यह व्रत कार्तिककी प्रबोधिनीसे प्रारम्भ होकर पूर्णिमाको पूर्ण होता है। इस निमित्त काम-क्रोधादिका त्यागकर ब्रह्मचर्य धारण करके क्षमा, दया और उदारतायुक्त होकर सोने या चाँदीकी लक्ष्मीनारायणकी मूर्ति बनवाकर वेदीपर स्थापित करे। ऋतुकालमें प्राप्त होनेवाले गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यादिसे पूजन करके पाँच दिनपर्यन्त निराहार, फलाहार, एकभुक्त, मिताहार या नक्तव्रतादिमें जो बन सके, व्रत करे। प्रतिदिन पद्मपुराणोक्त कथा सुने। पूजनमें सामान्य पूजाके सिवा—पहले दिन भगवान्‌के हृदयका कमलके पुष्पोंसे, दूसरे दिन कटिप्रदेशका बिल्वपत्रोंसे, तीसरे दिन घुटनोंका केतकी (केवड़े)-के पुष्पोंसे, चौथे दिन चरणोंका चमेलीके पुष्पोंसे और पाँचवें दिन सम्पूर्ण अंगका तुलसीकी मंजरियोंसे पूजन करे। नित्यप्रति '**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय**' के सौ, हजार, दस हजार या जितने बन सके जप करे और व्रतान्तमें पारणाके समय ब्राह्मणदम्पतिको भोजन करवाकर स्वयं भोजन करे। इस देशमें अधिकांश स्त्रियाँ एकादशी और द्वादशीको निराहार, त्रयोदशीको शाकाहार और चतुर्दशी तथा पूर्णिमाको फिर निराहार रहकर प्रतिपदाके प्रभातमें द्विजदम्पतिको जिमाकर स्वयं भोजन करके 'पँचभीखण' नहाती हैं।

(१९) तुलसीविवाह (विष्णुयामल)—पद्मपुराणमें कार्तिक शुक्ल नवमीको तुलसीविवाहका उल्लेख किया गया है; किंतु अन्य ग्रन्थोंके अनुसार प्रबोधिनीसे पूर्णिमापर्यन्तके पाँच दिन अधिक फल

देते हैं। व्रतीको चाहिये कि विवाहके तीन मास पूर्व तुलसीके पेड़को सिंचन और पूजनसे पोषित करे। प्रबोधिनी या भीष्मपंचक अथवा ज्योतिःशास्त्रोक्त विवाह-मुहूर्तमें तोरण-मण्डपादिकी रचना करके चार ब्राह्मणोंको साथ लेकर गणपति-मातृकाओंका पूजन, नान्दीश्राद्ध और पुण्याहवाचन करके मन्दिरकी साक्षात् मूर्तिके साथ सुवर्णके लक्ष्मीनारायण और पोषित तुलसीके साथ सोने और चाँदीकी तुलसीको शुभासनपर पूर्वाभिमुख विराजमान करे और सपत्नीक यजमान उत्तराभिमुख बैठकर 'तुलसी-विवाह-विधि' के अनुसार गोधूलीय समयमें 'वर' (भगवान्)-का पूजन, 'कन्या' (तुलसी)-का दान, कुशकण्डीहवन और अग्नि-परिक्रमा आदि करके वस्त्राभूषणादि दे और यथाशक्ति ब्राह्मण-भोजन कराकर स्वयं भोजन करे।

(२०) **तुलसीवास** (स्कन्दपुराण)—कार्तिक शुक्ल नवमीको प्रातः-स्नानादि करके मकानके अंदर बालूकी वेदी बनाये। उसपर तुलसीका प्रत्यक्ष पेड़ और चाँदीकी सपत्र शाखा तथा सोनेकी मंजरीयुक्त निर्मित पेड़ रखके यथाविधि पूजन करे। ऋतुकालके फल-पुष्पादिका भोग लगाये। एक दीपकको घीसे पूर्ण करके लम्बी बातीसे उसे अखण्ड प्रज्वलित रखे और निराहार रहकर रात्रिमें कथावार्ता श्रवण करनेके अनन्तर जमीनपर शयन करे। इस प्रकार नवमी, दशमी और एकादशीका उपवास करनेके अनन्तर द्वादशीको (रेवतीके अन्तिम तृतीयांशकी २० घड़ियाँ हों तो उनको त्यागकर) ब्राह्मणदम्पतिको दान-मानसहित भोजन कराकर स्वयं भोजन करे।

(२१) **ब्रह्मकूर्च** (हेमाद्रि)—कार्तिक शुक्ल चतुर्दशीको स्नानादिके अनन्तर उपवासका संकल्प करके देवोंको तोयाक्षतादिसे और पितरोंको तिलतोयादिसे तृप्त करके कपिला गौका 'गोमूत्र', कृष्ण गौका 'गोमय', श्वेत गौका 'दूध', पीली गौका 'दही' और कर्वुर (कबरी) गौका घी लेकर वस्त्रसे छान करके एकत्र करे। उसमें थोड़ा कुशोदक

(डाभका पानी) भी मिला दे और रात्रिके समय उक्त 'पंचगव्य' पीये तो उससे तत्काल ही सब पाप-ताप और रोग-दोष दूर होकर अद्‌भुत प्रकारके बल, पौरुष और आरोग्यकी वृद्धि होती है।

(२२) पाषाणचतुर्दशी (देवीपुराण)—उसी चतुर्दशीको जौके चूर्णकी चौकोर रोटी बनाकर गौरीकी आराधना करे और उक्त रोटीका नैवेद्य अर्पण करके स्वयं उसीका एक बार भोजन करे तो सुख-सम्पत्ति और सुन्दरता प्राप्त होती है।

(२३) वैकुण्ठचतुर्दशी (सनत्कुमारसंहिता)—हेमलम्ब संवत्सरकी कार्तिक शुक्ल अरुणोदयव्यापिनी चतुर्दशीको 'मणिकर्णिक' ब्राह्ममुहूर्तमें प्रातःस्नानादिके पश्चात् विश्वेश्वरी और विश्वेश्वरका पूजन करके व्रत करे तो वैकुण्ठवास होता है।

(२४) कार्तिकी (बहुसम्मत)—इसको ब्रह्मा, विष्णु, शिव, अंगिरा और आदित्य आदिने महापुनीत पर्व प्रमाणित किया है। अतः इसमें किये हुए स्नान, दान, होम, यज्ञ और उपासना आदिका अनन्त फल होता है। इस दिन कृत्तिका हो तो यह 'महाकार्तिकी' होती है,[१] भरणी हो तो विशेष फल देती है[२] और रोहिणी हो तो इसका महत्त्व बढ़ जाता है[३]। इसी दिन सायंकालके समय मत्स्यावतार हुआ था। इस कारण इसमें दिये हुए दानादिका दस यज्ञोंके समान फल होता है[४]। यदि इस दिन कृत्तिकापर

---

१. आग्नेयं तु यदा ऋक्षं कार्तिक्यां भवति क्वचित्।
महती सा तिथिर्ज्ञेया स्नानदानेषु चोत्तमा॥ (यम)

२. यदा याम्यं तु भवति ऋक्षं तस्यां तिथौ क्वचित्।
तिथिः सापि महापुण्या मुनिभिः परिकीर्तिता॥ (स्मृत्यन्तर)

३. प्राजापत्यं यदा ऋक्षं तिथौ तस्यां नराधिप।
सा महाकार्तिकी प्रोक्ता..........॥ (स्मृतिसार)

४. वरान् दत्त्वा यतो विष्णुर्मत्स्यरूपोऽभवत् ततः।
तस्यां दत्तं हुतं जप्तं दशयज्ञफलं स्मृतम्॥ (पद्मपुराण)

चन्द्रमा और बृहस्पति हों तो यह 'महापूर्णिमा' होती है[१]। इस दिन कृत्तिकापर चन्द्रमा और विशाखापर सूर्य हों तो 'पद्मक' योग होता है। यह पुष्करमें भी दुर्लभ है[२]। कार्तिकीको संध्याके समय 'त्रिपुरोत्सव' करके '**कीटाः पतंगा मशकाश्च वृक्षे जले स्थले ये विचरन्ति जीवाः। दृष्ट्वा प्रदीपं न हि जन्मभागिनस्ते मुक्तरूपा हि भवन्ति तत्र॥**' से दीपदान करे तो पुनर्जन्मादिका कष्ट नहीं होता[३]। यदि इस दिन कृत्तिकामें स्वामी (विश्वस्वामी)-का दर्शन किया जाय तो ब्राह्मण सात जन्मतक वेदपारग और धनवान् होता है[४]। इस दिन चन्द्रोदयके समय शिवा, सम्भूति, प्रीति, संतति, अनसूया और क्षमा—इन छः तपस्विनी कृत्तिकाओंका पूजन करे (क्योंकि ये स्वामिकार्तिककी माता हैं) और कार्तिकेय, खड्गी (शिवा), वरुण, हुताशन और सशूक (बालियुक्त) धान्य—ये निशागममें द्वारके ऊपर शोभित करनेयोग्य हैं; अतः इनका उत्कृष्ट गन्धादिसे पूजन करे तो शौर्य, वीर्य और धैर्यादि बढ़ते हैं[५]। कार्तिकीको नक्तव्रत करके वृषदान करे तो शिवपद प्राप्त होता है[६]। यदि गौ, गज, रथ, अश्व और घृतादिका दान

---

१. पूर्णा महाकार्तिकी स्याज्जीवेन्द्वोः कृत्तिकास्थयोः। (ब्राह्म)

२. विशाखासु यदा भानुः कृत्तिकासु च चन्द्रमाः।
स योगः पद्मको नाम पुष्करे त्वतिदुर्लभः॥ (पद्मपुराण)

३. पौर्णमास्यां तु संध्यायां कर्तव्यस्त्रिपुरोत्सवः।
दद्यात् पूर्वोक्तमन्त्रेण सुदीपांश्च सुरालये॥ (भविष्य०)

४. कार्तिक्यां कृत्तिकायोगे यः कुर्यात् स्वामिदर्शनम्।
सप्त जन्म भवेद् विप्रो धनाढ्यो वेदपारगः॥ (काशीखण्ड)

५. ततश्चन्द्रोदये पूज्यास्तापस्यः कृत्तिकास्तु षट्।
कार्तिकेयस्तथा खड्गी वरुणश्च हुताशनः॥
धान्यैः सशूकैर्द्वारोर्ध्वं भूषितव्यं निशामुखे।
माल्यैर्धूपैस्तथा ...... दीपादिभिः पूजयेत्॥ (ब्रह्मपुराण)

६. कार्तिक्यां तु वृषोत्सर्गं कृत्वा नक्तं समाचरेत्।
शैवं पदमवाप्नोति शैवव्रतमिदं स्मृतम्॥ (मत्स्यपुराण)

किया जाय तो सम्पत्ति बढ़ती है[1]। कार्तिकीको सोपवास हरिस्मरण करे तो अग्निष्टोमके समान फल होकर सूर्यलोककी प्राप्ति होती है[2]। कार्तिकीको अपनी या परायी अलंकृता कन्याका दान करे तो 'संतानव्रत' पूर्ण होता है[3]। कार्तिकीको सुवर्णका मेष दान करे तो ग्रहयोगके कष्ट नष्ट हो जाते हैं[4] और कार्तिकी पूर्णिमासे प्रारम्भ करके प्रत्येक पूर्णिमाको नक्तव्रत करे तो उससे सम्पूर्ण मनोरथ सिद्ध होते हैं।[5]

(२५) कार्तिकीका उद्यापन (व्रतोद्यापन-प्रकाश)—कार्तिक शुक्ल चतुर्दशीको गणपति-मातृका, नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन, सर्वतोभद्र, ग्रह और हवनकी यथापरिमित वेदी बनवाकर रात्रिके समय उनपर उक्त देवोंका स्थापन और पूजन करे। इसके लिये अपनी सामर्थ्यके अनुसार सुवर्णकी भगवान्‌की सायुध-मूर्ति बनवाकर व्रतोद्यापनकौमुदी या व्रतोद्यापन-प्रकाशादिके अनुसार सर्वतोभद्रमण्डल स्थापित किये हुए सुवर्णादिके कलशपर उक्त मूर्तिका यथाविधि स्थापन, प्रतिष्ठा और पूजन करके रात्रिभर जागरण करे और पूर्णिमाके प्रभातमें प्रातःस्नानादि करके गोदान, अन्नदान, शय्यादान, ब्राह्मणभोजन (३० जोड़ा-जोड़ी) और व्रतविसर्जन करके जाति-बान्धवोंसहित भोजन करे।

---

१. गजाश्वरथदानं च घृतधेन्वादयस्तथा।
प्रदेयाः पुण्यकृद्भिस्तु .... ॥ (निर्णयामृत)

२. कार्तिके पौर्णमास्यां तु सोपवासः स्मरेद्धरिम्।
अग्निष्टोमफलं विन्देत् सूर्यलोकं च विन्दति॥ (ब्रह्मपुराण)

३. कार्तिक्यामुपवासी यः कन्यां दद्यात् स्वलंकृताम्।
स्वकीयां परकीयां वा अनन्तफलदायिनी॥ (हेमाद्रि)

४. कार्तिक्यां नक्तभुग् दद्यान्मेषं हेमविनिर्मितम्।
एतद् राशिव्रतं नाम ग्रहोपद्रवनाशनम्॥ (भविष्य०)

५. कार्तिक्यां तु समारभ्य सम्पूर्णं शशलक्षणम्।
पूजयेदुदये राजन् सदा नक्ताशनो भवेत्॥ (हेमाद्रि)

मार्गशीर्षके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) धन्यव्रत (वाराहपुराण)—यह व्रत मार्गशीर्षमें शुक्ल और कृष्ण दोनों पक्षोंकी प्रतिपदासे प्रारम्भ होकर प्रत्येक शुक्ल या कृष्ण प्रतिपदाको वर्षभर करनेसे पूर्ण होता है। इसमें नक्तव्रत किया जाता है। उस दिन रात्रिके समय विष्णुका पूजन करते समय—'**वैश्वानराय पादौ**', '**अग्नये उदरम्**', '**हविर्भुजे उरः**', '**द्रविणोदाय भुजे**', '**संवर्ताय शिरः**' और '**ज्वलनायेति सर्वांगम्**' (पूजयामि)–से अंगपूजा करके गन्ध–पुष्पादि अर्पण करे। वर्षके अन्तमें व्रतके पूर्ण होनेपर सुवर्णकी अग्निकी मूर्ति बनवाकर उसे लाल वस्त्रसे भूषित करके लाल रंगके गन्ध–पुष्पादिसे पूजन करे और प्रतिदिन विष्णुकी भक्ति रखे तो निर्धन भी धनवान् हो सकता है।

(२) संकष्टचतुर्थीव्रत (भविष्यपुराण)—यह व्रत मार्गशीर्ष कृष्णकी चन्द्रोदयव्यापिनी पूर्वविद्धा चतुर्थीको करना चाहिये। उस दिन प्रातःस्नानादिके पश्चात् व्रत करनेका संकल्प करके सायंकालके समय अनेक प्रकारके गन्ध–पुष्पादिसे गणेशजीका पूजन करे। चन्द्रोदय होनेपर उनका पूजन करे और अर्घ्य देनेके पश्चात् वायन–दान करके भोजन करे। इस व्रतसे स्त्रियोंके सौभाग्यकी वृद्धि होती है।

(३) अनघाव्रत (हेमाद्रि)—मार्गशीर्ष कृष्णाष्टमीको डाभके अनघ और अनघा निर्माण करके गोबरसे पोती हुई वेदीपर विराजमानकर गन्धादिसे उनका पूजन करे। इस प्रकार प्रत्येक कृष्णाष्टमीको एक वर्षतक करे तो सम्पूर्ण प्रकारके पाप दूर हो जाते हैं।

(४) भैरवजयन्ती (शिवरहस्य)—मार्गशीर्ष कृष्णाष्टमीको व्रत रखे और प्रत्येक प्रहरमें भैरवका यथाविधि पूजन करके '**भैरवार्घ्यं गृहाणेश भीमरूपाव्ययानघ। अनेनार्घ्यप्रदानेन तुष्टो**

भव शिवप्रिय॥' 'सहस्राक्षिशिरोबाहो सहस्रचरणाजर। गृहाणार्घ्यं भैरवेदं सपुष्पं परमेश्वर॥' 'पुष्पांजलिं गृहाणेश वरदो भव भैरव। पुनरर्घ्यं गृहाणेदं सपुष्पं यातनापह॥' इन तीन मन्त्रोंसे तीन बार अर्घ्य दे। रात्रिमें जागरण करे और शिवजीकी कथा सुने तो सब पापोंसे मुक्त हो जाता है। भैरवका मध्याह्नमें जन्म हुआ था, अतः मध्याह्नव्यापिनी अष्टमी लेनी चाहिये।

(५) कालाष्टमी (शिवरहस्य)—मार्गशीर्ष कृष्णाष्टमीको कालाष्टमीका कृत्य किया जाता है। इस दिन '**जागरं चोपवासं च कृत्वा कालाष्टमीदिने। प्रयतः पापनिर्मुक्तः शैवो भवति शोभनः॥**' के अनुसार उपवास करके रात्रिमें जागरण करे तो सब पाप दूर हो जाते हैं और व्रती शैव बन जाता है।

(६) कृष्णैकादशीव्रत (भविष्योत्तर)—मार्गशीर्ष कृष्ण एकादशीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् '**ममाखिलपापक्षयपूर्वक-श्रीपरमेश्वरप्रीतिकामनया मार्गशीर्षकृष्णैकादशीव्रतं करिष्ये।**' यह संकल्प करके उपवास करे। तिथि-निर्णय और व्रत-नियम यथापूर्व देख ले। 'कथाका सार' यह है कि 'सत्ययुगमें तालजंघका पुत्र 'मुर' नामका दानव था। वह महाबली और विलक्षण बुद्धिमान् था। उसने समय पाकर स्वर्गके देवताओंको मार भगाया और उनके स्थानमें नये देवता बनाकर भर दिये। इससे स्वर्गके देवताओंको बड़ा कष्ट हुआ, वे शिवजीके समीप गये और शिवजीने उनको गरुड़ध्वज (भगवान्)-के पास भेज दिया। तब भगवान्ने उनकी रक्षाका विधान किया। उसमें भगवान्के शरीरसे एक परम रूपवती स्त्री उत्पन्न हुई। उसको देखकर मुर मोहित हो गया और उस सुन्दरीपर आक्रमण करने लगा, तब उसने मुरको मार डाला। यह देखकर भगवान्ने उस स्त्रीको वर दिया कि 'तू मेरे शरीरसे उत्पन्न हुई है,अतः तेरा नाम 'उत्पन्ना' होगा और तू देवताओंका संकट निवारण करनेमें

समर्थ है; अतएव जो तेरा व्रत करेंगे, उनकी अभीष्ट-सिद्धि होगी।' इस वरको प्राप्त करके वह कन्या अलक्षित हो गयी। कैटभ देश (काठियावाड़)-के महादरिद्र सुदामाने पत्नीके सहित 'उत्पन्ना एकादशी' का व्रत किया था, इससे वह सब दुःखोंसे मुक्त होकर पुत्रवान्, सुखी और सम्पत्तिशाली बन गया।

(७) **प्रदोषव्रत** (व्रतोत्सव)—यह प्रत्येक महीनेके कृष्ण और शुक्ल दोनों पक्षोंमें त्रयोदशीको किया जाता है। इस दिन प्रातःस्नानादि करके दिनभर शिवका स्मरण रखे और सूर्यास्तसे पहले पुनः स्नान करके प्रदोषके समय शिवपूजन करे तो इच्छानुसार फलकी प्राप्ति होती है।

(८) **गौरीतपव्रत** (अंगिरा)—यह व्रत मार्गशीर्षकी अमावास्यासे आरम्भ किया जाता है। उस दिन प्रातःस्नान करके हाथमें गन्ध, अक्षत, पुष्प, दूर्वा और जल लेकर '**ईशार्द्धांगहरे देवि करिष्येऽहं व्रतं तव। पतिपुत्रसुखावाप्तिं देहि देवि नमोऽस्तु ते॥**' से संकल्प करके मध्याह्नमें सूर्यनारायणको अर्घ्य देकर '**अहं देवि व्रतमिदं कर्तुमिच्छामि शाश्वतम्। तवाज्ञया महादेवि निर्विघ्नं कुरु तत्र वै॥**' से प्रार्थना करे। पीछे अपने निवासस्थानमें जाकर गौरीका पूजन और उपवास करे। पूजनमें आवाहनादि छः उपचारोंके पीछे —**१ पार्वत्यै नमः (पादौ), २ हैमवत्यै (जानुनी), ३ अम्बिकायै (जंघे), ४ गिरिशवल्लभायै (गुह्यम्), ५ गम्भीरनाभ्यै (नाभिम्), ६ अपर्णायै (उदरम्), ७ महादेव्यै (हृदयम्), ८ कण्ठकामिन्यै (कण्ठम्), ९ षणमुखायै (मुखम्), १० लोकमोहिन्यै (ललाटम्), ११ मेनकाकुक्षिरत्नायै (शिरः पूजयामि)**—इस प्रकार अंगपूजा करनेके अनन्तर गन्ध-पुष्पादि शेष दस उपचारोंसे पूजन करे और गौरीके दक्षिण भागमें गणेशजीका और वामभागमें स्कन्द (स्वामिकार्तिकेय)-का पूजन करे। तत्पश्चात् ताँबे अथवा मिट्टीके

दीपकको गौके घीसे पूर्ण करके उसमें आठ बत्ती जलाये और (सूर्योदय होनेतक) रात्रिभर प्रज्वलित रखे। फिर ब्राह्ममुहूर्त (प्रतिपदाके प्रभात)-में स्नानादि करनेके अनन्तर द्विजदम्पती (ब्राह्मण-ब्राह्मणी)-का पूजन करके तीन धातुओं (ताँबे, पीतल और शीशे)-के बने हुए पात्रमें गुड़, पक्वान्न (हलुआ-पूरी-पूआ), तिल-तण्डुल और सौभाग्यद्रव्य रखकर उनपर उपर्युक्त दीपक रखे और जबतक बक-काकादि पक्षीगण अपना कलरव करते हुए उसको ग्रहण न करें तबतक वहीं बैठी रहे। यदि उठ खड़ी हो तो उससे सौभाग्यकी हानि होती है। इस प्रकार पहले वर्षमें अमावस्यासे, दूसरेमें प्रतिपदासे और तीसरेमें द्वितीयासे— इस क्रमसे चौथे-पाँचवें आदि वर्षोंमें तृतीया-चतुर्थी आदि तिथियोंको व्रत करके सोलहवें वर्षके मार्गशीर्षकी पूर्णिमाको आठ द्विजदम्पती बुलवाकर मध्याह्नके समय अक्षतोंके अष्टदलपर (सुपूजित गौरीके समीप) सोम और शिवका पूजन करे और नैवेद्यमें सुहाली, कसार, पूआ, पूरी, खीर, घी, शर्करा और मोदक—इन आठ पदार्थोंका भोग लगाये। फिर इन्हीं आठ पदार्थोंसे आठ कटोरदान (ढक्कनदार भोजनपात्र) भरकर उपर्युक्त आठ दम्पती (जोड़ा-जोड़ी)-को भोजन करवाकर वस्त्रालंकारादिसे भूषितकर एक-एक करके आठों कटोरदान दान करे। यह व्रत स्त्रियोंके करनेका है—इससे सभी स्त्रियोंको सुतादिकी प्राप्ति हो सकती है और उनके सम्पूर्ण अभीष्ट सिद्ध हो सकते हैं।

शुक्लपक्ष

(१) **धन्यव्रत** (वाराहपुराण)—यह व्रत मार्गशीर्षके दोनों पक्षोंमें किया जाता है, इस प्रकार कृष्णपक्षके व्रतोंमें आरम्भहीमें इसका उल्लेख हो गया है। पूरा विधान वहीं देख लेना चाहिये।

(२) **पितृपूजन** (लिंगपुराण)—मार्गशीर्ष शुक्ल द्वितीयाको पितरोंका पूजन करके व्रत करनेसे पितृगण प्रसन्न होते हैं और न करनेसे उन्हें दुःख होता है।

(३) **कृच्छ्रचतुर्थी** (स्कन्दपुराण)—यह व्रत मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थीसे आरम्भ होकर प्रत्येक चतुर्थीको वर्षपर्यन्त करके फिर दूसरे, तीसरे और चौथे वर्षमें करनेसे चार वर्षमें पूर्ण होता है। विधि यह है कि पहले वर्षमें (मार्गशीर्ष शुक्ल ४ को) प्रातःस्नानके पश्चात् व्रतका नियम ग्रहण करके गणेशजीका यथाविधि पूजन करे। नैवेद्यमें लड्डू-तिलकुटा, जौका मँडका और सुहाली अर्पण करके '**त्वत्प्रसादेन देवेश व्रतं वर्षचतुष्टयम्। निर्विघ्नेन तु मे यातु प्रमाणं मूषकध्वज॥**' '**संसारार्णवदुस्तारं सर्वविघ्नसमाकुलम्। तस्माद् दीनं जगन्नाथ त्राहि मां गणनायक॥**' से प्रार्थना करके एक बार परिमित भोजन करे। इस प्रकार प्रत्येक चतुर्थीको करता रहकर दूसरे वर्ष उसी मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थीको यथापूर्व नियम-ग्रहण, व्रत और पूजा करके नक्त (रात्रिमें एक बार) भोजन करे। इसी प्रकार प्रत्येक चतुर्थीको वर्षपर्यन्त करके तीसरे वर्ष फिर मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थीको व्रत-नियम और पूजा करके अयाचित (बिना माँगे जो कुछ जितना मिले उसीका एक बार) भोजन करे। इस प्रकार एक वर्षतक प्रत्येक चतुर्थीको व्रत करके चौथे वर्षमें उसी मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थीको नियम-ग्रहण, व्रत-संकल्प और पूजनादि करके निराहार उपवास करे। इस प्रकार वर्षपर्यन्त प्रत्येक चतुर्थीको व्रत करके चौथा वर्ष समाप्त होनेपर सफेद कमलपर ताँबेका कलश स्थापन करके सुवर्णके गणेशजीका पूजन करे। सवत्सा गौका दान करे, हवन करे और चौबीस सपत्नीक ब्राह्मणोंको भोजन करवाकर वस्त्राभूषणादि देकर स्वयं भोजन करे तो इस व्रतके करनेसे सब प्रकारके विघ्न दूर हो जाते हैं और सब प्रकारकी सम्पत्ति प्राप्त होती है।

(४) **वरचतुर्थी** (स्कन्दपुराण)—पूर्वोक्त कृच्छ्रचतुर्थीके समान यह व्रत भी मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थीसे आरम्भ होकर चार वर्षमें पूर्ण होता है। प्रथम वर्षमें प्रत्येक चतुर्थीको दिनार्द्धके समय एक बार

अलोन (बिना नमकका) भोजन, दूसरे वर्षमें नक्त (रात्रि) भोजन, तीसरेमें अयाचित भोजन और चौथेमें उपवास करके यथापूर्व समाप्त करे। यह व्रत सब प्रकारकी अर्थसिद्धि करनेवाला है। परिमित भोजनके विषयमें किसीने ३२ ग्रास और किसीने २९ ग्रास बतलाये हैं। 'स्मृत्यन्तर'में '**अष्टौ ग्रासा मुनेर्भक्ष्याः षोडशारण्यवासिनः। द्वात्रिंशद् गृहस्थस्या परिमितं ब्रह्मचारिणः॥**' मुनिको आठ, वनवासियोंको सोलह, गृहस्थोंको बत्तीस और ब्रह्मचारियोंको अपरिमित (यथारुचि) ग्रास भोजन करनेकी आज्ञा है। ग्रासका प्रमाण है एक आँवलेके बराबर अथवा जितना सुगमतासे मुँहमें जा सके, उतना एक ग्रास होता है। न्यून भोजनके लिये (याज्ञवल्क्यने) तीन ग्रास नियत किये हैं।

(५) नागपंचमी (हेमाद्रि)—यद्यपि यह व्रत श्रावणमें ही प्रसिद्ध है, परंतु (स्कन्दपुराणके) '**शुक्ला मार्गशिरे पुण्या श्रावणे या च पंचमी। स्नानदानैर्बहुफला नागलोकप्रदायिनी॥**' के अनुसार मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमीको भी नागोंका पूजन और एकभुक्त व्रत करना फलदायक होता है।

(६) श्रीपंचमी (भविष्योत्तर)—यह व्रत मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमीसे आरम्भ किया जाता है। एतन्निमित्त कमलपुष्प हाथमें लिये हुए कमलासनपर विराजमान और दो गजेन्द्रोंके छोड़े हुए दुग्ध या जलसे स्नान करती हुई लक्ष्मीका हृदयमें ध्यानकर सुवर्णादिकी मूर्तिके समक्ष व्रत करनेका नियम करे और तीन प्रहर दिन बीतनेके बाद गंगा या कुएँ आदिपर स्नान करके उक्त मूर्तिको सुवर्णादिके कलशपर स्थापित करके सर्वप्रथम देव और पितरोंको तृप्त करे (अर्थात् गणपति-पूजन, मातृका-पूजन और नान्दीश्राद्ध करे), फिर उस ऋतुके फल-पुष्पादि लेकर यथाप्राप्त उपचारोंसे लक्ष्मीका पूजन करे। उसमें गन्ध-लेपनके पहले १ चंचला, २ चपला, ३ ख्याति,

४ मन्मथा, ५ ललिता, ६ उत्कण्ठिता, ७ माधवी और ८ श्री—इन आठ नामोंसे १ पाद, २ जंघा, ३ नाभि, ४ स्तन, ५ भुजा, ६ कण्ठ, ७ मुख और ८ मस्तककी अंगपूजा करके नैवेद्य अर्पण करे और सौभाग्यवती स्त्रीके तिलक करके उसे मधुरान्नका भोजन करावे तथा उसके पतिको '**श्रीर्मे प्रीयताम्**' का उच्चारण करके प्रस्थ (लगभग एक किलो) चावल और घी देकर भोजन करे। इस प्रकार १ मार्गशीर्षमें श्री, २ पौषमें लक्ष्मी, ३ माघमें कमला, ४ फाल्गुनमें सम्पत्, ५ चैत्रमें पद्मा, ६ वैशाखमें नारायणी, ७ ज्येष्ठमें धृति, ८ आषाढ़में स्मृति, ९ श्रावणमें पुष्टि, १० भाद्रपदमें तुष्टि, ११ आश्विनमें सिद्धि और १२ कार्तिकमें क्षमा—इन बारह देवियोंका यथापूर्व और यथाक्रम पूजन करके मण्डपादि बनवाकर उसमें वस्त्र-आभूषण और बर्तन आदिसे समन्वित शय्यापर लक्ष्मीका पुनः पूजन करके सवत्सा गौसहित विद्वान् ब्राह्मणको दे और फिर भोजन करे तो इस व्रतसे सुत-सुख-सौभाग्य और अचल लक्ष्मी प्राप्त होती है।

(७) स्कन्दषष्ठी (भविष्योत्तर)—मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठीको स्वामिकार्तिकजी तारकको मारकर अभिषिक्त हुए थे, अतः यह पुण्यप्रद, पापहर और यशस्करी है। इसमें स्नान, दान और व्रत करनेसे पुण्य होता है।

(८) त्रितयसप्तमी (हेमाद्रि)—मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमीको हस्त हो तो जगत्प्रसूति (सूर्यनारायण)-का उत्तम प्रकारके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके उपवास करे और फिर इसी प्रकार प्रत्येक शुक्ल सप्तमीको वर्षभर करता रहे तो अच्छे कुलमें जन्म, स्थायी आरोग्य और यथेच्छ धन—ये तीनों मिलते हैं।

(९) मित्रसप्तमी (निर्णयामृत)—मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमीके पहले दिन वपन (मुण्डन) करावे, फिर स्नान करके उपवास करे। सप्तमीको सूर्यका आवाहनादि षोडशोपचार पूजन करके

ब्राह्मणोंको भोजन करवाकर शहदमें भीगे हुए मधुरान्नका स्वयं भोजन करे। इस विषयमें (ब्रह्मपुराणका) यह मत है कि सूर्यनारायण किसीके बनाये हुए नहीं हैं। यह विष्णुके दक्षिण नेत्र और अदिति एवं कश्यपके पुत्र हैं। मित्र इनका नाम है। इस कारण इनकी मित्रसप्तमीको उपवास करके फलाहार करे और अष्टमीको ब्राह्मणों और नट-नर्तकादिको भोजन करवाकर मधुप्लावित अन्नका स्वयं भोजन करे।

(१०) विष्णुसप्तमी (हेमाद्रि)—मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमीको लाल रंगके चन्दन और पुष्पोंसे भगवान् विष्णुका पूजन करके वटक (बाटी)-का नैवेद्य अर्पणकर व्रत करे। इन तीनों व्रतोंसे अभीष्टकी सिद्धि होती है।

(११) नन्दासप्तमी (भविष्य)—मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमीको सूर्यका पूजन करके दध्योदन (दही-भात) अर्पणकर उपवास करे तो सर्वानन्दकी प्राप्ति होती है।

(१२) भद्रासप्तमी (भविष्योत्तर)—इसी दिन (मार्गशीर्ष शुक्ल ७ को) घी-दूध और इक्षु (गन्ने)-के रससे सूर्यको स्नान करवाकर उपवास करे और अष्टमीको पारण करके भोजन करे।

(१३) निक्षुभार्कचतुष्टय (भविष्योत्तर)—१. मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठी और सप्तमीको उपवाससहित सूर्यका पूजनकर अष्टमीको भोजन करे, २. केवल कृष्ण सप्तमीको उपवास करके सूर्यका पूजन करे, ३. सप्तमीको निराहार उपवास करके चूनका हाथी बनाकर निवेदन करे और ४. मार्गशीर्ष या माघकी कृष्ण सप्तमीको दृढव्रत होकर उपवास करे, यथानियम पूजन करे और एक वर्ष समाप्त होनेपर गन्धादिसे सूर्यका पुनः पूजन करके ब्राह्मणोंको मणि-मुक्ता और भोजनादि देकर स्वयं भोजन करे। इस प्रकार सूर्यपत्नी (निक्षुभा) और सूर्यका उपर्युक्त चार प्रकारसे व्रत और पूजन करे तो भ्रूणहत्यादि सब पाप दूर होते हैं।

(१४) नन्दिनी (मदनरत्न)—मार्गशीर्ष शुक्ल नवमी 'नन्दिनी' है। इस दिनसे तीन रात्रितक देवीका यथाविधि पूजन करके उपवास करे तो अश्वमेधके समान फल होता है।

(१५) पदार्थदशमी (विष्णुधर्मोत्तर)—मार्गशीर्ष शुक्ल दशमीसे आरम्भ करके एक वर्षपर्यन्त प्रत्येक शुक्ल दशमीको दसों दिगीशों (१ इन्द्र, २ अग्नि, ३ यम, ४ निर्ऋति, ५ वरुण, ६ वायु, ७ कुबेर, ८ ईशान, ९ ब्रह्मा और १० अनन्त)–का गन्ध–पुष्पादिसे पूजन करके वर्षके बाद दूध देती हुई गौका दान करे और ब्राह्मणोंको भोजन कराये तो व्यापार, व्यवहारमें यथेच्छ सफलता प्राप्त होनेके सिवा विद्या और धनादिकी वृद्धि होती है और शत्रुओंका नाश होता है।

(१६) धर्मत्रयव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—१. मार्गशीर्ष शुक्ल दशमीको उपवास करके धर्मका पूजन करे, घीकी आहुति दे और ब्राह्मणोंको भोजन कराये। २. कृष्णपक्षकी दशमीको धर्मका पूजन करके व्रत करे। ३. कृष्ण और शुक्ल दोनोंकी दशमीको धर्मका यथाविधि पूजन करके व्रत करे तो इस व्रतत्रयसे पापोंका नाश और आयु, आरोग्य एवं ऐश्वर्यकी वृद्धि होती है।

(१७) दशादित्यव्रत (स्कन्दपुराण)—यद्यपि यह व्रत किसी भी शुक्ल दशमीको रविवार हो उसी दिन किया जाता है तथापि मार्गशीर्ष, माघ और वैशाखके व्रतारम्भका अधिक फल होता है। मार्गशीर्ष शुक्ल दशमी रविवारको नदी, तालाब या झरने आदिपर जाकर प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करके मध्याह्नमें स्नान करे और घर आकर देव तथा पितरोंको तृप्त करके वेदी बनाये। (१) उसपर १२ आर (नोक या कोण)–का कमल लिखे और उसपर स्वर्णनिर्मित सूर्यमूर्ति स्थापित करके सूर्यके मन्त्रोंसे आवाहन, आसन, पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, आचमन, फल, ताम्बूल, दक्षिणा और विसर्जन—इन

उपचारोंसे पूजन करे। (२) गोबरसे पोती हुई वेदीपर काले रंगकी—१ दुर्मुखी, २ दीनवदना, ३ मलिना, ४ सत्यनाशिनी, ५ बुद्धिनाशिनी, ६ हिंसा, ७ दुष्टा, ८ मित्रविरोधिनी, ९ उच्चाटनकारिणी और १० दुश्चिन्तप्रदा—ये दस पुत्रिका (पुतली) लिखकर इनकी नाम-मन्त्रोंसे पूजा और प्रतिष्ठा करे और '**नित्यं पापकरे पापे देवद्विजविरोधिनी। गच्छ त्वं दुर्दशे देवि नित्यं शास्त्रविरोधिनि॥**' से प्रार्थना करके विसर्जन करे। (३) सूत या रेशमके दस तारका डोरा बनाकर उसमें दस ग्रन्थि (गाँठ) लगाये। आवाहनादि षोडश उपचारोंसे पूजन करे और सूर्यकी प्रार्थना करे। फिर दक्षिणासहित दस फल लेकर '**भास्करो बुद्धिदाता च द्रव्यस्थो भास्करः स्वयम्। भास्करस्तारकोभाभ्यां भास्कराय नमोऽस्तु ते॥**' से वायन-दान करके भोजन करे और (४) वेदीके स्थानमें चन्दनकी १ सुबुद्धिदा, २ सुखकारिणी, ३ सर्वसम्पत्तिदा, ४ इष्टभोगदा, ५ लक्ष्मी, ६ कान्तिदा, ७ दुःखनाशिनी, ८ पुत्रप्रदा, ९ विजया और १० धर्मदायिनी—ये दस पुतली लिखकर नाममन्त्रोंसे इनका षोडशोपचार पूजन करे तथा '**विशुद्धवसनां देवीं सर्वाभरणभूषिताम्। ध्यायेद् दशदशां देवीं वरदाभयदायिनीम्।**' से प्रार्थना करके भोजन करे तो दुर्दशा दूर हो जाती है। 'दुर्दशा क्यों होती है?' इस विषयमें नारदजीने कश्यपजीसे पूछा, तब उन्होंने बतलाया था कि—'तुष, भस्म और मूसलका उल्लंघन करनेसे— कुमारी, रजकी (धोबिन) और वृद्धाके साथ संयोग होनेसे, अयोनि— (मुख, हाथ, गुदा) या ब्राह्मणी आदिसे ब्रह्मचर्य नष्ट होनेसे, शाम, सुबह या पर्वमें रजस्वलाके समीप जानेसे, संकटके समय माँ, बाप और मालिकको छोड़ देनेसे और अपने परम्परागत धर्म-कर्म और सदाचारका त्याग कर देनेसे दुर्दशा होती है। अतः न्यायमार्ग और सत्कर्ममें प्रवृत्त रहे और आपत्तिमें दशादित्यका व्रत करे। आपद्ग्रस्त होनेपर नल राजाने और पाण्डवोंने यह व्रत किया था।

(१८) **शुक्लैकादशी** (ब्रह्माण्डपुराण)—इसके शुद्धा, विद्धा और नियमादिका निर्णय यथापूर्व करनेके अनन्तर मार्गशीर्ष शुक्ल दशमीको मध्याह्नमें जौ और मूँगकी रोटी-दालका एक बार भोजन करके एकादशीको प्रातःस्नानादि करके उपवास रखे। भगवान्‌का पूजन करे और रात्रिमें जागरण करके द्वादशीको एकभुक्त पारण करे। यह एकादशी मोहका क्षय करनेवाली है। इस कारण इसका नाम 'मोक्षदा' रखा गया है। इसी दिन भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनको गीताका उपदेश किया था; अतः उस दिन गीता, श्रीकृष्ण, व्यास आदिकी पूजा करके गीता-जयन्तीका उत्सव मनाना चाहिये। गीतापाठ, गीतापर व्याख्यान आदि हो। सम्भव हो तो गीताका जुलूस भी निकालना चाहिये।

(१९) **व्यंजनद्वादशी** (व्रतोत्सव)—मार्गशीर्ष शुक्ल द्वादशीको भगवान्‌का षोडशोपचार पूजन करके अन्नकूटके समान अनेक प्रकारके भोजन-पदार्थ बनाकर विष्णुके अर्पण करे और प्रसादके अभिलाषी भगवद्भक्तोंको आदर और प्रेमके साथ प्रसाद दे। बादमें एक बार भोजन करे।

(२०) **द्वादशादित्यव्रत** (विष्णुधर्मोत्तर)—मार्गशीर्ष शुक्ल द्वादशीसे आरम्भ करके प्रत्येक शुक्ल द्वादशीको १ मार्गशीर्षमें धाता, २ पौषमें मित्र, ३ माघमें अर्यमा, ४ फाल्गुनमें पूषा, ५ चैत्रमें शक्र, ६ वैशाखमें अंशुमान्, ७ ज्येष्ठमें वरुण, ८ आषाढ़में भग, ९ श्रावणमें त्वष्टा, १० भाद्रपदमें विवस्वान्, ११ आश्विनमें सविता और १२ कार्तिकमें विष्णु—इन नामोंसे सूर्यभगवान्‌का यथाविधि पूजन करे और जितेन्द्रिय होकर व्रत करे तो सब प्रकारकी आपत्तियोंका नाश और सब प्रकारके सुखोंकी वृद्धि होती है।

(२१) **जनार्दनपूजा** (कृत्यरत्नावली)—मार्गशीर्ष शुक्ल द्वादशीको प्रातःस्नानसे पवित्र होकर उपवास करके देवदेवेश

भगवान्‌का पूजन करे। पंचगव्यसे स्नान कराये। उसीका स्वयं पान करे और जौ तथा चावलोंका पात्र ब्राह्मणको दे। साथ ही '**सप्तजन्मसु यत् किंचिन्मया खण्डव्रतं कृतम्। भगवंस्त्वत्प्रसादेन तदखण्डमिहास्तु मे॥**' '**यथाखिलं जगत् सर्वं त्वमेव पुरुषोत्तम। तथाखिलान्यखण्डानि व्रतानि मम सन्तु वै॥**' से प्रार्थना करे।

(२२) अनंगत्रयोदशी (भविष्योत्तर)—मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशीको नदी, तालाब, कुआँ या घरपर स्नान करके अनंग नर्मदेश्वर महादेवका गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य आदि उपचारोंसे पूजन करके व्रत करे। विशेषता यह है कि मार्गशीर्षादि महीनोंमें—१ मधु, २ चन्दन, ३ न्यग्रोध, ४ बदरीफल, ५ करंज, ६ अर्कपुष्प, ७ जामुन, ८ अपामार्ग, ९ कमलपुष्प, १० पलास, ११ कुब्ज अपामार्ग और १२ कदम्ब—इनका पूजन और प्राशनमें यथाक्रम उपयोग करे। विशेष विधान मूल ग्रन्थमें देखें। इस व्रतसे शिवजी प्रसन्न होते हैं।

(२३) यमादर्शन (स्कन्दपुराण)—यह व्रत मार्गशीर्ष शुक्लकी जिस त्रयोदशीको क्रूर (सूर्य, भौम और शनि) वार न हों और सौम्य (सोम, बुध, बृहस्पति एवं शुक्र) वार हों उसी त्रयोदशीसे आरम्भ करके वर्षपर्यन्त करे। इसका विधान स्वयं यमने ही इस प्रकार प्रकाशित किया है कि उस दिन यम नामके 'काल, दण्डधर, अन्तक, शीर्णपाद, कंक, हरि और वैवस्वत' जैसे नामोंवाले आठ-पाँच (तेरह) ब्राह्मणोंको पवित्र स्थानमें अलग-अलग पूर्वाभिमुख बैठाकर मस्तक आदि अंगोंमें तैल-मर्दन करके कवोष्ण (साधारण गर्म) जलसे स्नान कराये और सुगन्धयुक्त गन्धादिसे चर्चित करके दूसरे स्थानमें उसी प्रकार पूर्वाभिमुख बैठाकर गुड़के सुस्निग्ध और सुस्वादु मालपूओंका यथारुचि भोजन कराये। उसके पीछे आचमन करवाकर ताँबेके

तेरह पात्रोंमें सोलह-सोलह किलो तिल और चावल भरकर '**लोकपालोऽधिना क्रूरो रौद्रो घोराननः शिवः। मम प्रसादात् सुमुखो ददात्वभयदक्षिणाम्॥**' से प्रणाम और प्रार्थना करके दक्षिणासहित उक्त तेरह पात्र उनके अर्पण करे तो इस व्रतके प्रभावसे यमका भयंकर रूप नहीं दीखता।

(२४) पिशाचमोचनयात्रा (काशीखण्ड)—यह सांवत्सरिक यात्रा मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्दशीको होती है। उस दिन कपर्दीश्वर (शिव)-के समीपमें स्नान करके यात्रा करे। इस यात्राके करनेवाले मनुष्यकी अन्यत्र मृत्यु होनेपर भी वह पिशाच नहीं होता और तीर्थपर लिये हुए दानादिका पाप नहीं रहता।

(२५) शिवचतुर्दशीव्रत (मत्स्यपुराण)—'शास्त्रोंमें इस व्रतका विधान विशेष प्रकारसे वर्णन किया है, यहाँ उसका सम्पूर्ण समावेश नहीं हो सकता । इसलिये संक्षेपसे प्रकाशित करते हैं।' इसके निमित्त मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशीको एकभुक्त व्रत करके चतुर्दशीको निराहार उपवास करे और शिवजीका पूजन करे। उसमें स्नान करानेके पीछे '**शिवाय नमः पादौ। सर्वात्मने नमः शिरः। त्रिनेत्राय नमः ललाटम्। हराय नमः नेत्रयुग्मम्। इन्दुमुखाय नमः मुखम्। श्रीकण्ठाय नमः स्कन्धौ। सद्योजाताय नमः कर्णौ। वामदेवाय नमः भुजौ। अघोरहृदयाय नमः हृदयम्। तत्पुरुषाय नमः स्तनौ। ईशानाय नमः उदरम्। अनन्तधर्माय नमः पार्श्वम्। ज्ञानभूताय नमः कटिम्। अनन्तवैराग्यसिंहाय नमः ऊरू। प्रधानाय नमः जंघे। व्योमात्मने नमः गुल्फौ** और **व्युप्तकेशात्मरूपाय नमः पृष्ठम् अर्चयामि।**' से अंगपूजा करके '**नमः पुष्ट्यै, नमस्तुष्ट्यै**' से पार्वतीका पूजन करे। उसके बाद वृषभ, सुवर्ण, जलपूर्ण कलश, गन्ध, पंचरत्न और अनेक प्रकारकी भोजनसामग्री—ये सब '**प्रीयतां देवदेवोऽत्र सद्योजातः**

पिनाकधृक्।' से प्रार्थना करके ब्राह्मणके अर्पण करे और थोड़ा घी खाकर भूमिमें उदङ्मुख शयन करे। फिर पूर्णिमाको ब्राह्मणोंका पूजन करके उनको भोजन कराये और इसी प्रकार कृष्ण चतुर्दशीको भी करे। आगे हर महीनेमें दोनों पक्षकी चतुर्दशीको शिव-पूजनादिके पश्चात् मार्गशीर्षमें गोमूत्र, पौषमें गोबर, माघमें गोदुग्ध, फाल्गुनमें गोदधि, चैत्रमें गोघृत, वैशाखमें कुशोदक, ज्येष्ठमें पंचगव्य, आषाढ़में बिल्व, श्रावणमें जौ, भाद्रपदमें गोश्रृंगजल, आश्विनमें जल और कार्तिकमें काले तिल—इनको यथाविधि भक्षण करे। शिवके पूजनमें मासभेदसे भी पुष्पादि अर्पण किये जाते हैं। यथा मार्गशीर्षमें सफेद कमल, पौषमें मन्दार, माघमें मालती, फाल्गुनमें धतूर, चैत्रमें सिन्दुवार, वैशाखमें अशोक, ज्येष्ठमें मल्लिका, आषाढ़में पाटल, श्रावणमें अर्क-पुष्प, भाद्रपदमें कदम्ब, आश्विनमें शतपत्री और कार्तिकमें उत्पल—इनसे देवदेवेश महादेवका पूजन करे तो महाफल प्राप्त होता है। शास्त्रोंमें इसका अनन्त फल लिखा है।

पौषके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) संकष्टचतुर्थी (भविष्योत्तर)—पौष कृष्ण (चन्द्रोदयव्यापिनी पूर्वविद्धा) चतुर्थीको गणपति-स्मरणपूर्वक प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करनेके पश्चात् '**मम सकलाभीष्टसिद्धये चतुर्थीव्रतं करिष्ये**' इस प्रकार संकल्प करके दिनभर मौन रहे। रात्रिमें पुनः स्नान करके गणपति-पूजनके पश्चात् चन्द्रोदयके बाद चन्द्रमाका पूजन करके अर्घ्य दे, फिर भोजन करे।

(२) अष्टकाश्राद्ध (आश्वलायन)—पौष कृष्ण अपराह्णव्यापिनी अष्टमीको शास्त्रोक्त विधिसे अष्टकाश्राद्ध करके ब्राह्मणभोजन करानेसे उत्तम फल मिलता है और न कराये तो दोष लगता है।

(३) रुक्मिणी-अष्टमी (व्रतकौस्तुभ)—पौष कृष्ण अष्टमीको कृष्ण, रुक्मिणी और प्रद्युम्नकी स्वर्णमयी मूर्तियोंका गन्धयुक्त गन्धादिसे पूजनकर उत्तम पदार्थ अर्पण करे और शक्ति हो तो सुवासिनी अच्छे वस्त्रोंवाली (सौभाग्यवती) आठ स्त्रियोंको भोजन करवाकर दक्षिणा दे तो रुक्मिणीजीकी प्रसन्नता प्राप्त होती है।

(४) कृष्णैकादशी (पद्मपुराण)—पौष कृष्ण एकादशीको उपवास करके भगवान्का यथाविधि पूजन करे। यह सफला एकादशी है; अतः नैवेद्यमें केला, बिजौरा, जंबीरी, नारियल, दाडिम (अनार) और पूगफलादि अर्पण करके रात्रिमें जागरण करे। प्राचीन कालमें चम्पावतीके माहिष्मन् राजाका लुम्पक नामक पुत्र कुमार्गी होकर धन-पुत्रादिसे हीन हो गया था। कई वर्ष कष्ट भोगनेके बाद एक रोज (एकादशीको) उसने फल बीनकर किसी पुराने पीपलकी जड़में रख दिये और असमर्थ होनेके कारण खाये नहीं। वह रातभर जागता रहा। इस प्रकार

अनायास किये गये व्रतसे भी भगवान् प्रसन्न हुए और उसे उसके पितासे आदरपूर्वक चम्पावतीका राज्य दिला दिया।

(५) **सुरूपद्वादशी** (व्रतार्क)—पौष कृष्ण पुष्पयुक्त द्वादशीके पहले दिन रात्रिमें जितेन्द्रिय होकर विष्णुका ध्यान करे और सफेद गौके छतपर सुखाये हुए गोबरकी आगमें घृतादियुक्त तिलोंकी १०८ आहुतिका हवन करे। दूसरे दिन द्वादशीको नदी या तालाब आदिपर स्नान करके भगवान्‌की सुवर्णमयी मूर्तिको तिलपूर्ण पात्रमें रखकर गन्धादिसे पूजन करे और तिल, फल आदिका भोग लगाकर '**नमः परमशान्ताय विरूपाक्ष नमोऽस्तु ते**' से अर्घ्य दे तथा विद्वान् ब्राह्मणको भोजन करवाकर उक्त मूर्ति उन्हें दान कर दे।

शुक्लपक्ष

(१) **आरोग्यव्रत** (विष्णुधर्मोत्तर)—पौष शुक्ल द्वितीयाको गोशृंगोदक (गायोंके सीगोंको धोकर लिये हुए जल)-से स्नान करके सफेद वस्त्र धारणकर सूर्यास्तके बाद बालेन्दु (द्वितीयाके चन्द्रमा)-का गन्धादिसे पूजन करे। जबतक चन्द्रमा अस्त न हो, तबतक गुड़, दही, परमान्न (खीर) और लवणसे ब्राह्मणोंको संतुष्ट करके केवल गोरस (छाछ) पीकर जमीनपर शयन करे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल द्वितीयाको एक वर्षतक चन्द्रपूजन और भोजनादि करके बारहवें महीने (मार्गशीर्ष)-में बालेन्दुका यथापूर्व पूजन करे और इक्षुरस (ईखके रस)-का घड़ा, सोना और वस्त्र ब्राह्मणको देकर भोजन करे तो रोगोंकी निवृत्ति और आरोग्यताकी प्रवृत्ति होती है तथा सब प्रकारके सुख मिलते हैं।

(२) **विधिपूजा** (ब्रह्मपुराण)—पौष शुक्ल द्वितीयाको गुरुवार हो तो प्रातःस्नानादिके अनन्तर यथाविधि विधिपूजा (ब्रह्माजीका पूजन) करके नक्तव्रत (रात्रिमें एक बार भोजन) करे तो उत्तम सम्पत्ति प्राप्त होती है।

(३) उभयसप्तमी (आदित्यपुराण)—यह व्रत पौष शुक्ल सप्तमीको उपवास करके तीनों संधियों (प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल)-में गन्ध, पुष्प और घृतादिसे सूर्यका पूजन करे और क्षारसिद्ध मोदक निवेदन करे (पकते हुए घीमें नमक डालकर उसे निकाल दे और फिर आटेको सेंककर मोदक बनावे)। ब्राह्मणोंको भोजन कराये, गोदान करे और भूमिपर शयन करे तो सब कामना सफल होती है।

(४) मार्तण्डसप्तमी (कृत्यकल्पतरु)—पौष शुक्ल सप्तमीको मार्तण्ड (सूर्य)-का पूजन करके गोदान करे। इस प्रकार वर्षपर्यन्त करे तो उत्तम फल प्राप्त होता है।

(५) महाभद्रा (कृत्यकल्पतरु)—पौष शुक्ल अष्टमीको बुधवार हो तो उस दिनके स्नान-दानादिसे शिवजी प्रसन्न होते हैं।

(६) जयन्ती अष्टमी (निर्णयामृत)—उसी (पौष शुक्लाष्टमी बुधके) दिन भरणी हो तो वह 'जयन्ती' होती है। उस दिन स्नान, दान, जप, होम, देवर्षिपितृतर्पण करनेसे तथा ब्राह्मणभोजन करानेसे कोटिगुना फल होता है।

(७) शुक्लैकादशी (ब्रह्मवैवर्त)—पौष शुक्ल एकादशी 'पुत्रदा' है। इसके उपवाससे पुत्रकी प्राप्ति होती है। प्राचीन कालमें भद्रावती नगरीके राजा वसुकेतुके पुत्र न होनेसे राजा, रानी दोनों दुःखी थे। उनके मनमें यह विचार उठा कि 'पुत्रके बिना गज, तुरग, रथ, राज्य, नौकर-चाकर और सम्पत्ति— सब निरर्थक है; अतः पुत्रप्राप्तिका उपाय करना चाहिये।' यह सोचकर राजा एक ऐसे गहन वनमें चला गया जिसमें बड़, पीपल, बेल, जामुन, केले, कदम्ब, टेंडू, लीची और आम आदि भरे हुए थे; जहाँ सिंह, व्याघ्र, वराह, शश, मृग, शृगाल और चार दाँतोंके हाथी आदि घूम रहे थे; शुक, सारिका, कबूतर, पपीहा और उल्लू आदि बोल रहे थे तथा साँप, बिच्छू, गोह

और कीट-पतंगादि डरा रहे थे। ऐसे सुहावने और डरावने जंगलमें एक अत्यन्त सुन्दर, मनोहर और मधुरतम जलपूर्ण सरोवरके तटपर मुनिलोग सत्कर्मोंका अनुष्ठान कर रहे थे। उनको देखकर राजाने अपना अभीष्ट निवेदन किया। तब महात्माओंने बतलाया कि 'आज पुत्रदा एकादशी है, इसका उपवास करो तो पुत्र प्राप्त हो सकता है।' राजाने वैसा ही किया और भगवत्कृपासे उसके यहाँ सर्वगुणसम्पन्न सुन्दर पुत्र उत्पन्न हुआ।

(८) सुजन्मद्वादशी (वीरमित्रोदय)—यदि पौष शुक्ल द्वादशीको ज्येष्ठा नक्षत्र हो तो उस दिन भगवान्‌का पूजन करके घीका दान करे, गोमूत्र पीकर उपवास करे और आगे माघादि महीनोंमें नियत वस्तुका दान और भोजन करके उपवास करे। जैसे माघमें चावलदान, जल-प्राशन; फाल्गुनमें जौदान, घृतभोजन; चैत्रमें सुवर्णदान, सुपक्व शाकभोजन; वैशाखमें जौदान, दूर्वाभोजन; ज्येष्ठमें जलदान, दधि-भोजन; आषाढ़में सोना, अन्न और जलदान, भात-भोजन; श्रावणमें छत्रदान, जौभोजन; भादोंमें दूधदान, तिलभोजन; आश्विनमें अन्नदान, सूर्यकिरणोंसे तपाये हुए जलका भोजन; कार्तिकमें गुड़-फांटदान, दूधभोजन और मार्गशीर्षमें मलयागिरिचन्दनका दान और दूधका भोजन कर उपवास करे तो कुलमें प्रधानता और घरमें सम्पत्ति होती है।

(९) घृतदान (कृत्यतत्त्वार्णव)—पौष शुक्ल १३ को भगवान्‌का पूजन करके ब्राह्मणको घीका दान दे तो सब कामनाएँ सिद्ध होती हैं।

(१०) विरूपाक्षपूजन (हेमाद्रि)—पौष शुक्ल १४ को विरूपाक्षका पूजन करके तदनुकूल उपकरण महोक्ष (बड़ा बैल—साँड आदि)-का दान करे। इस प्रकार प्रत्येक शुक्ल चतुर्दशीको वर्षभर करनेसे राक्षसादिका भय नहीं होता और घरमें सुख, शान्ति एवं समृद्धिकी वृद्धि होती है।

(११) ईशानव्रत (कालिकापुराण)—पौष शुक्ल चतुर्दशीका व्रत करके पुष्ययुक्त पूर्णमासीको सुश्वेत वस्त्रसे आच्छादित की हुई वेदीपर चारों दिशाओंमें अक्षतोंकी चार ढेरियाँ बनाये। एक वैसी ही मध्यमें बनाये। उनपर पूर्वमें विष्णु', दक्षिणमें 'सूर्य', पश्चिममें 'ब्रह्मा' और उत्तरमें 'रुद्र' को स्थापित करे तथा सबके मध्यमें 'ईशान' की स्थापना करके उत्तम प्रकारके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन कर और कर्पूरादिसे नीराजन (आरती) करके गोमिथुन (एक गौ और एक बैल)-का दान करे। ब्राह्मणोंको भोजन कराये और स्वयं गोमूत्र पीकर उपवास करे। इस प्रकार पाँच वर्ष करनेसे यह व्रत पूर्ण होता है। गोदानमें यह विशेषता है कि पहले वर्षमें एक गौ, एक बैल; दूसरे वर्षमें दो गौ, एक बैल; तीसरेमें तीन गौ, एक बैल; चौथेमें चार गौ, एक बैल और पाँचवेंमें पाँच गौ और एक बैल दान करे। बैल ब्रह्मचारी या साँड हो—खेती आदिमें जोता हुआ न हो तो इस व्रतके करनेसे सब प्रकारका सुख होता है और लक्ष्मी बढ़ती है।

माघके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) माघस्नान (नानापुराणादि)—माघ, कार्तिक और वैशाख महापुनीत महीने माने गये हैं। इनमें तीर्थस्थानादिपर या स्वदेशमें रहकर नित्यप्रति स्नान-दानादि करनेसे अनन्त फल होता है। स्नान सूर्योदयके समय[१] श्रेष्ठ है। उसके बाद जितना विलम्ब[२] हो उतना ही निष्फल होता है। स्नानके लिये काशी और प्रयाग[३] उत्तम माने गये हैं। वहाँ न जा सके तो जहाँ भी स्नान करे, वहीं उनका स्मरण करे अथवा '**पुष्करादीनि तीर्थानि गंगाद्याः सरितस्तथा। आगच्छन्तु पवित्राणि स्नानकाले सदा मम॥**' '**हरिद्वारे कुशावर्ते बिल्वके नीलपर्वते। स्नात्वा कनखले तीर्थे पुनर्जन्म न विद्यते॥**' '**अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवन्तिका। पुरी द्वारावती ज्ञेयाः सप्तैता मोक्षदायिकाः॥**' '**गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् संनिधिं कुरु॥**' का उच्चारण करे। अथवा वेगसे[४] बहनेवाली किसी भी नदीके जलसे स्नान करे अथवा रातभर छतपर रखे हुए जलपूर्ण घटसे स्नान करे अथवा दिनभर सूर्यकिरणोंसे तपे हुए जलसे स्नान करे। स्नानके आरम्भमें '**आपस्त्वमसि देवेश ज्योतिषां पतिरेव च। पापं नाशय मे देव**

---

१. 'स्नानकालश्च सूर्योदयः।' (त्रिस्थलीसेतौ)

२. उत्तमं तु सनक्षत्रं लुप्ततारं तु मध्यमम्।
सवितर्युदिते भूप ततो हीनं प्रकीर्तितम्॥ (ब्राह्मे)

३. काश्युद्भवे प्रयागे ये तपसि स्नान्ति मानवाः।
दशाश्वमेधजनितं फलं तेषां भवेद् ध्रुवम्॥ (काशीखण्ड)

४. सरित्तोयं महावेगं नवकुम्भस्थितं तथा।
वायुना ताडितं रात्रौ गंगास्नानसमं स्मृतम्॥

वाङ्मनः कर्मभिः कृतम्॥' से जलकी और '**दुःखदारिद्र्यनाशाय श्रीविष्णोस्तोषणाय च। प्रातःस्नानं करोम्यद्य माघे पापविनाशनम्॥**' से ईश्वरकी प्रार्थना करे और स्नान करनेके पश्चात् '**सवित्रे प्रसवित्रे च परं धाम जले मम। त्वत्तेजसा परिभ्रष्टं पापं यातु सहस्त्रधा॥**' से सूर्यको अर्घ्य देकर हरिका पूजन या स्मरण करे। माघस्नानके लिये ब्रह्मचारी, गृहस्थ, संन्यासी[१] और वनवासी—चारों आश्रमोंके; ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चारों वर्णोंके; बाल, युवा और वृद्ध—तीनों अवस्थाओंके स्त्री, पुरुष या नपुंसक जो भी हों, सबको आज्ञा है; सभी यथानियम नित्यप्रति माघस्नान कर सकते हैं। स्नानकी अवधि[२] या तो पौष शुक्ल एकादशीसे माघ शुक्ल एकादशीतक या पौष शुक्ल पूर्णिमासे माघ शुक्ल पूर्णिमातक अथवा मकरार्कमें (मकरराशिपर सूर्य आये, उस दिनसे कुम्भ राशिपर जानेतक) नित्य स्नान करे और उसके अनन्तर यथावकाश मौन रहे। भगवान्‌का भजन या यजन करे। ब्राह्मणोंको अवारित[३] (बिना रोक) नित्य भोजन कराये। कम्बल, मृगचर्म[४], रत्न, कपड़े (कुरता, चादर, रूमाल, कमीज, टोपी),

---

१. ब्रह्मचारी गृहस्थो वा वानप्रस्थोऽथ भिक्षुकः।
बालवृद्धयुवानश्च नरनारीनपुंसकाः॥
ब्रह्मक्षत्रियविट्शूद्राः ....
स्नात्वा माघे शुभे तीर्थे प्राप्नुवन्तीप्सितं फलम्। (भविष्ये)
'सर्वेऽधिकारिणो ह्यत्र विष्णुभक्तौ यथा नृप।' (पाद्मे)

२. एकादश्यां शुक्लपक्षे पौषमासे समारभेत्।
द्वादश्यां पौर्णमास्यां वा शुक्लपक्षे समापनम्॥ (ब्राह्मे)
'पुण्यान्यहानि त्रिंशत्तु मकरस्थे दिवाकरे।' (विष्णु)

३. 'एवं स्नात्वावसाने तु भोज्यं देयमवारितम्।' (भविष्ये)

४. कम्बलाजिनरत्नानि वासांसि विविधानि च।
चोलकानि च देयानि प्रच्छादनपटास्तथा॥
उपानहौ तथा गुप्तमोचकौ पापमोचकौ। (भविष्ये)

उपानह् (जूते), धोती और पगड़ी आदि दे। एक या एकाधिक ३० द्विजदम्पती (ब्राह्मण-ब्राह्मणी)-के जोड़ेको षट्रस भोजन करवाकर '**सूर्यो मे प्रीयतां देवो विष्णुमूर्तिनिरंजनः।**' से सूर्यकी प्रार्थना करे। इसके बाद उनको अच्छे वस्त्र,*, सप्तधान्य और तीस मोदक दे। स्वयं निराहार, शाकाहार, फलाहार या दुग्धाहार व्रत अथवा एकभुक्त व्रत करे। इस प्रकार काम, क्रोध, मद, मोहादि त्यागकर भक्ति, श्रद्धा, विनय—नम्रता, स्वार्थत्याग और विश्वास—भावके साथ स्नान करे तो अश्वमेधादिके समान फल होता है और सब प्रकारके पाप-ताप तथा दुःख दूर हो जाते हैं।

(२) वक्रतुण्डचतुर्थी (भविष्योत्तर)—माघ कृष्ण चन्द्रोदय-व्यापिनी चतुर्थीको वक्रतुण्डचतुर्थी कहते हैं। इस व्रतका आरम्भ '**गणपतिप्रीतये संकष्टचतुर्थीव्रतं करिष्ये**'—इस प्रकार संकल्प करके करे। सायंकालमें गणेशजीका और चन्द्रोदयके समय चन्द्रका पूजन करके अर्घ्य दे। इस व्रतको माघसे आरम्भ करके हर महीनेमें करे तो संकटका नाश हो जाता है।

(३) संकष्टचतुर्थी (व्रतोत्सव)—यह प्रशस्त व्रत उपर्युक्त वक्रतुण्डचतुर्थीव्रतके समान किया जाता है।

(४) सर्वाप्तिसप्तमी (हेमाद्रि)—माघ कृष्ण सप्तमीको स्नान-दानादि करनेसे इच्छानुसार फल मिलता है।

(५) कृष्णैकादशी (हेमाद्रि)—माघ कृष्ण एकादशीको प्रातःस्नान करके 'श्रीकृष्ण' इस मन्त्रके ८, २८, १०८ या १००० जप करे। उपवास रखे। रात्रिमें जागरण और हवन करे। भगवान्का पूजन करे और '**सुब्रह्मण्य नमस्तेऽस्तु महापुरुषपूर्वज। गृहाणार्घ्यं**

---

* दम्पत्योर्वाससी सूक्ष्मे सप्तधान्यसमन्विते।
त्रिंशत्तु मोदका देयाः शर्करातिलसंयुताः॥ (नारद)

(विशेष माघी पूर्णिमा और अमाके उल्लेखमें देखना चाहिये।)

मया दत्तं लक्ष्म्या सह जगत्पते॥'—इस मन्त्रसे अर्घ्य दे। यह 'षट्तिला' एकादशी है। इसमें (१) तिलोंके जलसे स्नान करे, (२) पिसे हुए तिलोंका उबटन करे, (३) तिलोंका हवन करे, (४) तिल मिला हुआ जल पीये, (५) तिलोंका दान करे और (६) तिलोंके बने (मोदक, बर्फी या तिलसकरी आदि)-का भोजन करे तो पापोंका नाश हो जाता है। इस व्रतकी कथा संक्षेपमें इस प्रकार है कि प्राचीन कालमें भगवान्‌की परमा भक्ता एक ब्राह्मणी थी; वह भगवत्सम्बन्धी उपवास-व्रत रखती, भगवान्‌की विधिवत् पूजा करती और नित्य-निरन्तर भगवान्‌का स्मरण किया करती थी। कठिन व्रत करने और पतिसेवा एवं घरकी सँभाल रखने आदिसे उसका शरीर सूख गया था, किंतु अपने जीवनमें उसने दानके निमित्त किसीको एक दाना भी नहीं दिया था। एक दिन स्वयं भगवान्‌ने कपालीका रूप धारणकर उससे भिक्षाकी याचना की, परंतु उसने उन्हें भी कुछ नहीं दिया। अन्तमें कपालीके ज्यादा बड़बड़ानेसे उसने मिट्टीका एक बहुत बड़ा ढेला दिया तो भगवान् उसीसे प्रसन्न हो गये और ब्राह्मणीको वैकुण्ठका वास दिया। परंतु वहाँ मिट्टीके परम मनोहर मकानोंके सिवा और कुछ भी नहीं था। तब उसने भगवान्‌की आज्ञासे षट्तिलाका व्रत किया और उसके प्रभावसे उसको सब कुछ प्राप्त हुआ।

(६) माघी अमा (वायु, देवी, ब्रह्म, हारीत, व्यासादि)—अमा और पूर्णिमा ये दोनों पर्वतिथियाँ हैं। इस दिन पृथ्वीके किसी-न-किसी भागमें सूर्य या चन्द्रमाका ग्रहण हो ही जाता है। इससे धर्मप्राण हिंदू इस दिन अवश्य दान-पुण्यादि कर्म करते हैं। हिमपिण्ड चन्द्रका आधा भाग काला और आधा सफेद है। सफेदपर सूर्यकिरण पड़नेसे वह प्रकाशित होता है। जब चन्द्रमा क्षीण होकर दीखता नहीं,

तब उस तिथिको अमा कहते हैं और पूर्ण चन्द्रसे पूर्णिमा होती है। जिस अमामें चन्द्रकी कुछ सफेदी हो, वह 'सिनीवाली' और कोयलके शब्द करने जितनी हो वह 'कुहू' होती है। इसी प्रकार पूर्ण चन्द्रकी पूर्णिमा 'राका' और कलामात्र कमकी 'अनुमती' होती है। सिनीवाली और कुहूके भेदसे अमा तथा राका और अनुमतीके भेदसे पूर्णिमा दोनों दो प्रकारकी हैं। चन्द्रमा सूर्यसे नीचा है; अतः पूर्णिमाको इसका काला भाग और अमाको सफेद भाग सूर्यकी ओर रहनेसे पृथ्वीपर किये गये दान, पुण्य और भोजनादिके बाष्पसम्भूत अंश सूर्यकी किरणोंसे आकर्षित होकर चन्द्रमण्डलमें (जहाँ पितृगण रहते हैं) चले जाते हैं। इसी कारण अमाको पितृ-श्राद्धादि करनेका विधान किया गया है। अमाके दिन चन्द्रका प्रकाशमान भाग सूर्यके आगे आ जानेसे सूर्यग्रहण और पूर्णिमाको नीचे गये हुए सूर्यसे उठी हुई पृथ्वीकी छाया चन्द्रके सामने आ जानेसे चन्द्रग्रहण होता है। 'लोकान्तरमें कहीं भी ग्रहण हुआ होगा'—इस सम्भावनासे धर्मज्ञ मनुष्य अमा और पूर्णिमाको स्नान-दानादि पुण्य कर्म किया करते हैं। ग्रहण तब होता है, जब सूर्य, चन्द्र और पृथ्वी (तीनों) एक सीधमें आते हैं; अन्यथा नहीं होता। व्रतादिमें अमावस्या परविद्धा (प्रतिपदायुक्त) लेनी चाहिये। चतुर्दशीयुक्त यानी पूर्वविद्धा अमा निषिद्ध मानी गयी है। '**पूर्वाह्णो वै देवानाम्, मध्याह्नो मनुष्याणामपराह्णः पितॄणाम्**' के अनुसार दिनको (लगभग १०-१० घड़ीके) तीन भागोंमें विभाजित मानकर जप, ध्यान और उपासना आदिके कार्य प्रथम तृतीयांश (लगभग १० घड़ी दिन चढ़ेतक) करने चाहिये। संस्कारादि एवं आयुर्बलवित्तादिप्राप्तिके प्रयोगादि 'मनुष्यकार्य' दूसरे तृतीयांश (मध्य दिनकी लगभग १० घड़ी)-में करने चाहिये और श्राद्ध, तर्पण एवं हंतकारादि 'पितृकार्य' तीसरे तृतीयांश (दिनास्तसे पहलेतककी लगभग १० घड़ी)-में करने चाहिये।

(७) **विधिपूजा** (भविष्योत्तर)—माघी अमाको प्रतिदिनके स्नान-दानादिके पश्चात् वस्त्राच्छादित वेदीपर वेद-वेदांगभूषित ब्रह्माजीका गायत्रीसहित पूजन करे और नवनीत (मक्खन)-की देनेवाली गौका तथा सुवर्ण, छत्र, वस्त्र, उपानह्, शय्या, अंजन और दर्पणादि '**स्थानं स्वर्गेऽथ पाताले यन्मर्त्ये किंचिदुत्तमम्। तदवाप्नोत्यसंदिग्धं पद्मयोनेः प्रसादतः॥**' इस मन्त्रसे निवेदन करके ब्राह्मणको दे और '**यत्किंचिद् वाचिकं पापं मानसं कायिकं तथा। तत् सर्वं नाशमायाति युगादितिथिपूजनात्॥**' को स्मरणकर शुद्ध भावसे सजातियोंसहित भोजन करे।

(८) **अर्धोदय** (महाभारत)—माघ कृष्ण अमावस्याको रविवार, व्यतीपात और श्रवण हो तो 'अर्धोदय' योग होता है। इस योगमें स्कन्दपुराणके लेखानुसार सभी स्थानोंका जल गंगातुल्य हो जाता है और सभी ब्राह्मण ब्रह्मसंनिभ शुद्धात्मा हो जाते हैं। अतः इस योगमें यत्किंचित् किये हुए स्नान-दानादिका फल भी मेरुसमान होता है।

(९) **पात्रदान** (स्कन्दपुराण)—अर्धोदय योगवाली अमावस्याको साठ, चालीस या पचीस माशा सुवर्णका अथवा चाँदीका पात्र बनाकर उसमें खीर भरे और पृथ्वीपर अक्षतोंका अष्टदल लिखकर उसपर ब्रह्मा, विष्णु और शिवस्वरूप उपर्युक्त पात्रको स्थापित करके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और फिर सुपठित ब्राह्मणको दे तो समुद्रान्त पृथ्वीदान करनेके समान फल होता है। यह अवश्य स्मरण रखना चाहिये कि इस व्रतमें गोदान, शय्यादान और जो भी देय द्रव्य हों तीन-तीन दे। अर्धोदय योगके अवसरपर सत्ययुगमें वसिष्ठजीने, त्रेतामें रामचन्द्रजीने, द्वापरमें धर्मराजने और कलियुगमें पूर्णोदर (देवविशेष)-ने अनेक प्रकारके दान, धर्म किये थे; अतः धर्मज्ञ सत्पुरुषोंको अब भी अवश्य करना चाहिये।

शुक्लपक्ष

(१) गुड़-लवणदानव्रत (भविष्योत्तर)—माघ शुक्ल तृतीयाको गुड़ और लवणका दान करे तो गुड़से देवी और लवणसे प्रभु प्रसन्न होते हैं।

(२) वरदा चतुर्थी (निर्णयामृत)—माघ शुक्ल चतुर्थीको कुन्दके पुष्पोंसे शिवजीका पूजन करनेसे श्रीकी प्राप्ति होती है।

(३) गौरीव्रत (ब्रह्मपुराण)—माघ शुक्ल चतुर्थीको गन्ध, पुष्प, धूप-दीप और नैवेद्य आदिसे उमाका पूजन करके गुड़, अदरख, लवण, पालक और खीर इनसे बलि देकर ब्राह्मणोंको भोजन कराये।

(४) कुण्डचतुर्थी (देवीभागवत)—माघ शुक्ल चतुर्थीको उपवास करके देवीका पूजन करे। अनेक प्रकारके गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, फल, पत्र, धान्य, बीज और सब प्रकारकी नैवेद्य-सामग्री अर्पण करे तथा शूर्प या मिट्टीके पात्रमें उक्त नैवेद्य-सामग्री भरकर ब्राह्मणको दे तो संतति और सौभाग्य दोनों प्राप्त होते हैं।

(५) ढुण्ढिपूजा (त्रिस्थलीसेतु)—माघ शुक्ल चतुर्थीको नक्तव्रतमें परायण होकर काशीवासी ढुण्ढिराजका पूजन करे, सफेद तिल और चीनीके मोदक अर्पण करे, तिलोंकी आहुति दे और रात्रिमें एकभुक्त करके जागरण करे तो उसके सम्पूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं।

(६) शान्तिचतुर्थी (भविष्यपुराण)—माघ शुक्ल चतुर्थीको गणेशजीका पूजन करके घीमें सने हुए गुड़के अपूप (पूआ) और लवणके पदार्थ अर्पण करे और गुरुदेवकी पूजा करके उनको गुड़, लवण और घी दे तो इस व्रतसे सब प्रकारकी स्थिर शान्ति प्राप्त होती है।

(७) अंगारकचतुर्थी (मत्स्यपुराण)—यदि माघ शुक्ल चतुर्थीको मंगलवार हो तो उस दिन प्रातःस्नानके पहले शरीरमें मिट्टी लगाकर शुद्ध स्नान करे, लाल धोती पहने, पद्मरागमणि धारण करे और उत्तराभिमुख बैठकर '**अग्निमूर्द्धा०**' इस मन्त्रका जप करे। जिसके

यज्ञोपवीत न हो, वह '**अंगारकाय भौमाय नमः**' का जप करे। फिर भूमिको गोबरसे लीपकर उसपर लाल चन्दनका अष्टदल बनाये तथा उसकी पूर्वादि चारों दिशाओंमें भक्ष्य-भोजन और चावलोंसे भरे हुए चार करवे रखे तथा उनका गन्धाक्षतादिसे पूजन करके कपिला गौ और लाल रंगका अतीव सौम्य धुरंधर बैल दे और साथमें शय्या दे तो सहस्रगुण फल होता है।

(८) गणेशव्रत (भविष्यपुराण)—माघ शुक्ल पूर्वविद्धा चतुर्थीको प्रातःस्नानादि करनेके पश्चात् '**ममाखिलाभिलषितकार्य-सिद्धिकामनया गणेशव्रतं करिष्ये**' इस मन्त्रसे संकल्प करके वेदीपर लाल वस्त्र बिछाये। लाल अक्षतोंका अष्टदल बनाकर उसपर सिन्दूरचर्चित गणेशजीको स्थापित करे। स्वयं लाल धोती पहनकर लाल वर्णके फल-पुष्पादिसे षोडशोपचार पूजन करे। नैवेद्यमें (भिगोकर छीली हुई) हल्दी, गुड़, शक्कर और घी—इनको मिलाकर भोग लगाये और नक्तव्रत (रात्रिमें एक बार भोजन) करे तो सम्पूर्ण अभीष्ट सिद्ध होते हैं।

(९) सुखचतुर्थी (भविष्यपुराण)—सुमन्तुरुके '**चतुर्थी तु चतुर्थी तु यदांगारकसंयुता। चतुर्थ्यां तु चतुर्थ्यां तु विधानं शृणु यादृशम्॥**' के अनुसार माघ शुक्ल चतुर्थीको यदि मंगलवार हो तो लाल वर्णके गन्ध, अक्षत और पुष्प, नैवेद्यसे गणेशजीका पूजन करके उपवास करे। इस प्रकार चतुर्थ-चतुर्थ (चौथी, चौथी) चतुर्थी (माघ, वैशाख, भाद्रपद और पौष)-का एक वर्ष व्रत करे तो सब प्रकारके सुख प्राप्त होते हैं। प्रत्येक चतुर्थीको भौमवार होना आवश्यक है।

(१०) यमव्रत (हेमाद्रि)—माघ शुक्ल चतुर्थीको भरणी नक्षत्र और शनिवार हो तो उस दिन यमका पूजन और तन्निमित्त व्रत करनेसे यमके भयकी निवृत्ति और स्वर्गीय सुखकी प्रवृत्ति होती है।

(११) श्रीपंचमी-वसन्तपंचमी (पुराणसमुच्चय)—माघ शुक्ल

पूर्वविद्धा पंचमीको उत्तम वेदीपर वस्त्र बिछाकर अक्षतोंका अष्टदल कमल बनाये। उसके अग्रभागमें गणेशजी और पृष्ठभागमें 'वसन्त' जौ, गेहूँकी बालका पुंज (जो जलपूर्ण कलशमें डंठलसहित रखकर बनाया जाता है) स्थापित करके सर्वप्रथम गणेशजीका पूजन करे और पीछे उक्त पुंजमें रति और कामदेवका पूजन करे तथा उनपर अबीर आदिके पुष्पोपम छींटे लगाकर वसन्तसदृश बनाये। तत्पश्चात् '**शुभा रतिः प्रकर्तव्या वसन्तोज्ज्वलभूषणा। नृत्यमाना शुभा देवी समस्ताभरणैर्युता॥ वीणावादनशीला च मदकर्पूरचर्चिता।**' से 'रति' का और '**कामदेवस्तु कर्तव्यो रूपेणाप्रतिमो भुवि। अष्टबाहुः स कर्तव्यः शंखपद्मविभूषणः॥ चापबाणकरश्चैव मदादंचितलोचनः। रतिः प्रीतिस्तथा शक्तिर्मदशक्तिस्तथोज्ज्वला॥ चतस्रस्तस्य कर्तव्याः पत्न्यो रूपमनोहराः। चत्वारश्च करास्तस्य कार्या भार्यास्तनोपगाः॥ केतुश्च मकरः कार्यः पंचबाणमुखो महान्।**' से कामदेवका ध्यान करके विविध प्रकारके फल, पुष्प और पत्रादि समर्पण करे तो गार्हस्थ्यजीवन सुखमय होकर प्रत्येक कार्यमें उत्साह प्राप्त होता है।

(१२) मन्दारषष्ठी (भविष्योत्तर)—यह व्रत तीन दिनमें पूर्ण होता है। एतन्निमित्त माघ शुक्ल पंचमीको सम्पूर्ण कामना त्याग करके जितेन्द्रिय होकर थोड़ा-सा भोजन करके एकभुक्त व्रत करे। षष्ठीको प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करनेके बाद ब्राह्मणसे आज्ञा लेकर दिनभर व्रत रखे और रात्रि होनेपर केवल मन्दारके पुष्पको भक्षण करके उपवास करे तथा सप्तमीके प्रभातमें पुनः स्नान करके ब्राह्मणोंका पूजन करे और मन्दार (आक)-के आठ पुष्प लाकर ताँबेके पात्रमें काले तिलोंका अष्टदल कमल बनाये। उसकी प्रत्येक कर्णिका (कली या कोण)-पर एक-एक पुष्प रखे और बीचमें सुवर्णनिर्मित सूर्यनारायणकी मूर्ति स्थापित करके—'**भास्कराय नमः**' से पूर्वके, '**सूर्याय नमः**' से अग्निके,

‘**सूर्याय नमः**’ से दक्षिणके, ‘**यज्ञेशाय नमः**’ से नैर्ऋत्यके, ‘**वसुधाम्ने नमः**’ से पश्चिमके, ‘**चण्डभानवे नमः**’ से वायव्यके, ‘**कृष्णाय नमः**’ से उत्तरके और ‘**श्रीकृष्णाय नमः**’ से ईशानके अर्कपुष्पका स्थापन और पूजन करे और पद्मके मध्यमें स्थापित की हुई सुवर्णमूर्तिका ‘**सूर्याय नमः**’ इस मन्त्रसे पूजन करे। तैल तथा लवणवर्जित भोजन करे। इस प्रकार प्रतिज्ञापूर्वक महीने-के-महीने प्रत्येक सप्तमीको वर्षपर्यन्त व्रत करके समाप्तिके दिन कलशपर रक्त सूर्यमूर्ति स्थापितकर पूजन करे और ‘**नमो मन्दारनाथाय मन्दारभवनाय च। त्वं रवे तारयस्वास्मानस्मात् संसारसागरात्॥**’ से प्रार्थना करके सूर्यमूर्ति सुपठित ब्राह्मणको दे तो उसके सब पाप दूर हो जाते हैं और वह स्वर्गमें जाता है।

(१३) **दारिद्र्यहरषष्ठी** (स्कन्दपुराण)—माघ शुक्ल षष्ठीसे आरम्भ करके प्रत्येक षष्ठीको एकभुक्त, नक्त, अयाचित या उपवास करके ब्राह्मणको भोजन कराये और कटोरेमें दूध, घी, भात और शक्कर भरकर (प्रति षष्ठीको) वर्षपर्यन्त दान करे तो उसके कुलसे दरिद्र दूर हो जाता है।

(१४) **भानुसप्तमी** (बहुसम्मत)—यह माघ शुक्ल सप्तमीको होती है। प्राणिमात्रकी जीवनशक्तिको जीवित रखनेवाले प्रत्यक्ष ईश्वर सूर्यनारायणने मन्वन्तरके आदिमें इसी दिन अपना प्रकाश प्रकाशित किया था। अतः यह जयन्ती भी है। इस दिन सूर्यकी उपासनाके कई कृत्य कई प्रयोजनों और प्रकारोंसे किये जाते हैं। इस कारण इसके ‘अर्क-अचलारथ-सूर्य और भानुसप्तमी’ आदि कई नाम हैं। यह अरुणोदयव्यापिनी ली जाती है। यदि दो दिन अरुणोदयव्यापिनी हो तो पहली लेना चाहिये। स्नानके विषयमें यह स्मरण रहे कि जो माघ-स्नान करते हों, वे इसी दिन अरुणोदय (पूर्व दिशाकी प्रातःकालीन लालिमा) होनेपर और भानुसप्तमी-निमित्त

स्नान करनेवालोंको सूर्योदयके बाद स्नान करना चाहिये। स्नान करनेके पहले आकके सात पत्तों और बेरके सात पत्तोंको कसुम्भाकी बत्तीवाले तिल-तैलपूर्ण दीपकमें रखकर उसको सिरपर रखे और सूर्यका ध्यान करके गन्नेसे जलको हिलाकर दीपकको प्रवाहमें बहा दे। दिवोदासके मतानुसार दीपकके बदले आकके सात पत्ते सिरपर रखकर ईखसे जलको हिलाये और '**नमस्ते रुद्ररूपाय रसानां पतये नमः। वरुणाय नमस्तेऽस्तु**' पढ़कर दीपकको बहा दे। फिर '**यद् यज्जन्मकृतं पापं यच्च जन्मान्तरार्जितम्। मनोवाक्कायजं यच्च ज्ञाताज्ञाते च ये पुनः॥ इति सप्तविधं पापं स्नानान्ते सप्तसप्तिके। सप्तव्याधिसमाकीर्णं हर भास्करि सप्तमि॥**' इनका जप करके केशव और सूर्यको देखकर पादोदक (गंगाजल अथवा चरणामृत)-को जलमें डालकर स्नान करे तो क्षणभरमें पाप दूर हो जाते हैं। इसके बाद अर्घेमें जल, गन्ध, अक्षत, पुष्प, दूर्वा, सात अर्कपत्र और सात बदरीपत्र रखकर '**सप्तसप्तिवह प्रीत सप्तलोकप्रदीपन। सप्तम्या सहितो देव गृहाणार्घ्यं दिवाकर॥**' से सूर्यको और '**जननी सर्वलोकानां सप्तमी सप्तसप्तिके। सप्तव्याहृतिके देवि नमस्ते सूर्यमण्डले॥**' से सप्तमीको अर्घ्य दे। इसी दिन तालक-दानके निमित्त नित्यनियमसे निवृत्त होकर चन्दनसे अष्टदल लिखे। पूर्वादिक्रमसे उसकी आठों कर्णिका (कोणों)-पर शिव, शिवा, रवि, भानु , वैवस्वत, भास्कर, सहस्रकिरण और सर्वात्मा इनका यथाक्रम स्थापन और पूजन करके—ताम्रादिके पात्रमें कांचन कर्णाभरण (कुण्डल), घी, गुड़ और तिल रखकर लाल वस्त्रसे ढाँके और गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके '**आदित्यस्य प्रसादेन प्रातःस्नानफलेन च। दुष्टदुर्भाग्यदुःखघ्नं मया दत्तं तु तालकम्॥**' से ब्राह्मणको दे 'भानुसप्तमी' के निमित्त प्रातःस्नानादिसे निश्चिन्त होकर समीपमें सूर्यमन्दिर हो तो उसके सम्मुख बैठे अथवा सुवर्णादिकी छोटी मूर्ति

हो तो उसे अष्टदल कमलके बीचमें स्थापितकर '**ममाखिलकामना-सिद्ध्यर्थे सूर्यनारायणप्रीतये च सूर्यपूजनं करिष्ये।**' से संकल्प करके—'**ॐ सूर्याय नमः**' इस नाममन्त्रसे अथवा पुरुषसूक्तादिसे आवाहनादि षोडशोपचार पूजन करे। ऋतुकालके पत्र, पुष्प, फल, खीर, मालपुआ, दाल-भात या दध्योदनादिका नैवेद्य निवेदन करे और भगवान्‌को सर्वांगपूर्ण रथमें विराजमान करके गायन-वादन और स्वजन-परिजनादिको साथ लेकर नगर-भ्रमण करवाकर यथास्थान स्थापित करे। ब्राह्मणोंको खीर आदिका भोजन करवाकर दिनास्तसे पहले स्वयं एक बार भोजन करे। उस दिन तैल और लवण न खाय। इस प्रकार प्रतिवर्ष करे तो सूर्योपरागादिमें कियेके समान अक्षय पुण्य होता है।

(१५) महती सप्तमी (मत्स्यपुराण)—इसी माघ शुक्ल सप्तमीको रथारूढ़ सूर्यनारायणका पूजन करके उपवास करे तो सात जन्मके पाप दूर होते हैं। यही रथसप्तमी भी है।

(१६) रथांकसप्तमी (हेमाद्रि)—इसी सप्तमीको उपवास करके सूर्यका पूजन करे, उनको सुवर्णके रथमें स्थापित करके और प्रत्येक शुक्ल सप्तमीको पूजन करके वर्षके अन्तमें ब्राह्मणको दे।

(१७) पुत्रसप्तमी (आदित्यपुराण)—माघ शुक्ल षष्ठीको उपवास करके सप्तमीके प्रातःकालमें स्नान करे और सूर्यनारायणका पूजन एवं तन्निमित्त हवन करके दूध, दही, भात या खीर आदिका ब्राह्मणोंको भोजन करावे। इसी प्रकार कृष्णपक्षमें उपवास करके लाल कमलके पुष्पादिसे सूर्यका पूजन करे तो वर्षपर्यन्त करनेसे उत्तम पुत्रकी उपलब्धि होती है।

(१८) सप्तसप्तमी (सूर्यारुण-हेमाद्रि)—जिस प्रकार योगविशेषसे वारुणी, महावारुणी, महामहावारुणी या माघी, महामाघी, महामहामाघी अथवा जया, विजया, महाजया आदि होती हैं उसी प्रकार वारादिके योगविशेषसे माघ शुक्ल सप्तमीके

भी कई भेद होते हैं। यथा—१ जया, २ विजया, ३ महाजया, ४ जयन्ती, ५ अपराजिता, ६ नन्दा और ७ भद्रा अथवा १ अर्कसम्पुटक, २ मरीचि, ३ निम्बपत्र, ४ सुफला, ५ अनोदना, ६ विजया और ७ कामिका—ये सब रविवारको पंचतारक (रो० श्ले० म० ह०) अथवा पुन्नाम (मृ० पुन० पु० ह० अनु०) नक्षत्र होनेसे सिद्ध होती हैं। इनमें व्रत-उपवास, पूजा-पाठ, दान-पुण्य, हवन और ब्राह्मण-भोजनादि करने-करानेसे अनन्त फल होता है। विशेषकर १ अर्कसम्पुटकसे धनवृद्धि, २ मरीचिसे प्रियपुत्रादिका संगम, ३ निम्बपत्रीसे रोगनाश, ४ सुफलासे पुत्र-पौत्र-दौहित्रादिकी अपूर्व अभिवृद्धि, ५ अनोदनासे धन-धान्य, सुवर्ण, चाँदी और आरोग्यलाभ, ६ विजयासे शत्रुनाश और ७ कामिकासे सब प्रकारकी अभीष्टसिद्धि होती है। इनके निमित्त माघ शुक्ल सप्तमीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् आकाशस्थ सूर्यका अथवा सुवर्णादिनिर्मित सूर्यमूर्तिका यथालब्ध उपचारोंसे पूजन करके खीर, मालपुआ, दाल-भात, दूध-दही अथवा दध्योदनादिका नैवेद्य अर्पण करे और पीछे ब्राह्मणोंको भोजन कराकर स्वयं भोजन करे तो यथोक्त फल मिलता है।

(१९) **भीष्माष्टमी** (धवलनिबन्ध)—माघ शुक्ल अष्टमीको जौ, तिल, गन्ध, पुष्प, गंगाजल और दर्भ आदिसे भीष्मजीका श्राद्ध अथवा तर्पण करे तो अभीष्टसिद्धि होती है। यदि तर्पणमात्र भी न किया जाय तो पाप होता है। श्राद्धके अवसरमें भीष्मका पूजन भी किया जाता है, अतः उसमें '**वसूनामवताराय शंतनोरात्मजाय च। अर्घ्यं ददामि भीष्माय आबाल्यब्रह्मचारिणे॥**' इस मन्त्रसे अर्घ्य दे।

(२०) **शुक्लैकादशी** (पद्मपुराण)—माघ शुक्ल एकादशीका नाम 'जया' है। इसका व्रत करनेसे पिशाचत्व मिट जाता है। एक बार इन्द्रकी सभामें युवक माल्यवान् और युवती पुष्पवतीके

लज्जाहीन बर्तावसे रुष्ट होकर इन्द्रने उनको पिशाच बना दिया था, उससे उनको बड़ा दु:ख हुआ। अन्तमें उन दोनोंने माघ शुक्ल एकादशीका उपवास किया, तब अपनी पूर्वावस्थाको प्राप्त हुए।

(२१) तिलद्वादशी (ब्रह्मपुराण)—यह व्रत षट्तिलाके समान है। इसके लिये माघ शुक्ल द्वादशीको तिलोंके जलसे स्नान करे। तिलोंसे विष्णुका पूजन करे। तिलोंके तेलका दीपक जलाये। तिलोंका नैवेद्य बनाये। तिलोंका हवन करे और तिलोंका दान करके तिलोंका ही भोजन करे तो इस व्रतके प्रभावसे स्वाभाविक, आगन्तुक, कायकान्तर और सांसर्गिक सम्पूर्ण व्याधि दूर होती है और सुख मिलता है।

(२२) भीमद्वादशी (हेमाद्रि)—यह भी इसी माघ शुक्ल द्वादशीको होती है। इसमें व्रतको ब्रह्मार्पण करके ब्राह्मणोंको भोजन कराये और फिर पारण करे। शेष विधि एकादशीके समान करे।

(२३) दिनत्रयव्रत (पद्मपुराण)—माघस्नान ३० दिनमें पूर्ण होता है, परंतु इतने समयकी सामर्थ्य अथवा अनुकूलता न हो तो माघ शुक्ल त्रयोदशी, चतुर्दशी और पूर्णिमाके अरुणोदयमें स्नानादि करके व्रत करे और यथानियम दान-पुण्य करे तो सम्पूर्ण माघस्नानका फल मिलता है।

(२४) माघी पूर्णिमा (दानचन्द्रोदय)—माघ शुक्ल पूर्णिमाको प्रात:स्नानादिके पीछे विष्णुका पूजन करे, पितरोंका श्राद्ध करे, असमर्थोंको भोजन, वस्त्र और आश्रय दे, तिल, कम्बल, कपास, गुड़, घी, मोदक, उपानह्, फल, अन्न और सुवर्णादिका दान करे और व्रत या उपवास करके ब्राह्मणोंको भोजन कराये और कथा सुने।

(२५) महामाघी (कृत्यचन्द्रिका)—माघ शुक्ल पूर्णिमाको मेषका शनि, सिंहके गुरु-चन्द्र और श्रवणका सूर्य हो तो इनके सहयोगसे महामाघी सम्पन्न होती है। इसमें स्नान-दानादि जो भी किये जायँ, उनका अमिट फल होता है।

फाल्गुनके व्रत

कृष्णपक्ष

(१) **संकष्टचतुर्थी** (भविष्योत्तर)—यह व्रत प्रत्येक मासकी कृष्ण चतुर्थीको किया जाता है। इसमें चन्द्रोदयव्यापिनी चतुर्थी लेनी चाहिये। यदि वह दो दिन चन्द्रोदयव्यापिनी हो तो '**मातृविद्धा प्रशस्यते**' के अनुसार पहले दिन व्रत करे। व्रतीको चाहिये कि वह प्रातःस्नानादिके पश्चात् व्रत करनेका संकल्प करके दिनभर मौन रहे और सायंकालमें पुनः स्नान करके लाल वस्त्र धारणकर ऋतुकालके गन्ध-पुष्पादिसे गणेशजीका पूजन करे, उसके बाद चन्द्रोदय होनेपर चन्द्रमाका पूजन करे और अर्घ्य एवं वायन देकर स्वयं भोजन करे तो सुख, सौभाग्य और सम्पत्तिकी प्राप्ति होती है। इसकी कथा यह है कि सत्ययुगमें राजा युवनाश्वके पास सम्पूर्ण शास्त्रोंके ज्ञाता ब्रह्मशर्मा नामके ब्राह्मण थे, जिनके सात पुत्र और सात पुत्रवधुएँ थीं। ब्रह्मशर्मा जब वृद्ध हुए, तब बड़ी छः बहुओंकी अपेक्षा छोटी बहूने श्वशुरकी अधिक सेवा की। तब उन्होंने संतुष्ट होकर उससे संकष्टहर चतुर्थीका व्रत करवाया, जिसके प्रभावसे वह मरणपर्यन्त सब प्रकारके सुख-साधनोंसे संयुक्त रही।

(२) **जानकीव्रत** (निर्णयसिन्धु)—यह व्रत फाल्गुन कृष्ण अष्टमीको किया जाता है। इसमें जनकनन्दिनी श्रीजानकीजीका पूजन होता है। गुरुवर वसिष्ठजीके कहनेपर भगवान् रामचन्द्रजीने समुद्रतटकी तपोमय भूमिपर बैठकर यह व्रत किया था। अतः सर्व-साधारणको चाहिये कि वे अपनी अभीष्टसिद्धिके लिये इस व्रतको अवश्य करें। इसमें सर्वधान्य (जौ-चावल आदि)-के चरु (खीर)-का हवन और अपूप (पूए) आदिका नैवेद्य अर्पण किया जाता है। इसमें '**व्रतमात्रेऽष्टमी कृष्णा पूर्वा शुक्लेऽष्टमी**

परा' के अनुसार पूर्वविद्धा अष्टमी ली जाती है।[1] अन्य वैष्णवग्रन्थोंके मतानुसार वैशाख शुक्ल नवमीको जानकीजीका जन्म हुआ था, जो जानकी-नवमीके नामसे प्रसिद्ध है।

(३) कृष्णैकादशी (स्कन्दपुराण)—यह व्रत प्रत्येक मासमें किया जाता है। शुद्धा, विद्धा आदिका पूरा निर्णय चैत्रके व्रत-परिचयमें दिया गया है। वहीं इसके सम्बन्धकी अन्य ज्ञातव्य बातें भी बतायी गयी हैं। इस एकादशीका नाम 'विजया' है। इसके प्रभावसे व्रतीका जय होता है। लंका-विजय करनेकी कामनासे 'बकदाल्भ्य' मुनिके आज्ञानुसार समुद्रके तटपर भगवान् रामचन्द्रने इसी एकादशीका व्रत किया था, जिससे रावणादि मारे गये और श्रीरामचन्द्रकी विजय हुई।

(४) प्रदोष (व्रतोत्सव)—इस सुप्रशस्त व्रतका उल्लेख पिछले सभी महीनोंमें किया गया है और मासानुकूल विधान भी प्रत्येक व्रतके साथ लिख दिया है। अतः व्रतीको चाहिये कि सभी महीनोंके प्रदोषव्रतका विधान देखकर व्रत करे और इसके उपयोगी जो कुछ विशेष विधान हों, उनका पालन करे।

(५) शिवरात्रि (नानापुराणशास्त्राणि)—यह व्रत फाल्गुन कृष्ण[2] चतुर्दशीको किया जाता है। इसको प्रतिवर्ष[3] करनेसे यह 'नित्य'

---

१. फाल्गुनस्य च मासस्य कृष्णाष्टम्यां महीपते।
जाता दाशरथेः पत्नी तस्मिन्नहनि जानकी॥
उपोषितो रघुपतिः समुद्रस्य तटे तदा।
सर्वसस्यैश्चरुस्तस्मात् तत् कर्तव्यमेव हि॥
सापूपैस्तैश्च सम्पूज्या विप्रसम्बन्धिबान्धवाः।
रामपत्नीं च सम्पूज्य सीतां जनकनन्दिनीम्॥ (निर्णयसिन्धु)

२. चतुर्दश्यां तु कृष्णायां फाल्गुने शिवपूजनम्।
तामुपोष्य प्रयत्नेन विषयान् परिवर्जयेत्॥ (शिवरहस्य)

३. 'नित्यकाम्यरूपस्यास्य व्रतस्येति।' (मदनरत्न)

और किसी कामनापूर्वक करनेसे 'काम्य' होता है। प्रतिपदादि[1] तिथियोंके अग्नि आदि अधिपति होते हैं। जिस तिथिका जो स्वामी हो उसका उस तिथिमें अर्चन करना अतिशय उत्तम होता है। चतुर्दशीके स्वामी शिव हैं (अथवा शिवकी तिथि चतुर्दशी है)। अतः उनकी रात्रिमें व्रत किया जानेसे इस व्रतका नाम 'शिवरात्रि' होना सार्थक हो जाता है। यद्यपि प्रत्येक मासकी कृष्णचतुर्दशी शिवरात्रि होती है और शिवभक्त प्रत्येक कृष्णचतुर्दशीका व्रत करते ही हैं, किन्तु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशीके निशीथ (अर्धरात्रि)-में '**शिवलिंगतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः।**' ईशानसंहिताके इस वाक्यके अनुसार ज्योतिर्लिंगका प्रादुर्भाव हुआ था, इस कारण यह महाशिवरात्रि मानी जाती है। '**शिवरात्रिव्रतं नाम सर्वपापप्रणाशनम्। आचाण्डालमनुष्याणां भुक्तिमुक्तिप्रदायकम्॥**'—के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, अछूत, स्त्री-पुरुष और बाल-युवा-वृद्ध—ये सब इस व्रतको कर सकते हैं और प्रायः करते ही हैं। इसके न करनेसे दोष होता है। जिस प्रकार राम, कृष्ण, वामन और नृसिंहजयन्ती एवं प्रत्येक एकादशी उपोष्य हैं, उसी प्रकार यह भी उपोष्य है और इसके व्रतकालादिका निर्णय भी उसी प्रकार किया जाता है। सिद्धान्तरूपमें आजके सूर्योदयसे कलके सूर्योदयतक रहनेवाली चतुर्दशी 'शुद्धा'[2] और अन्य 'विद्धा' मानी गयी हैं। उसमें भी प्रदोष (रात्रिका आरम्भ) और निशीथ (अर्धरात्रि)-की चतुर्दशी ग्राह्य होती है। अर्धरात्रिकी पूजाके लिये स्कन्दपुराणमें लिखा है कि (फाल्गुन कृष्ण १४ को) '**निशिभ्रमन्ति**

---

१. तिथीशा वह्निको गौरी गणेशोऽहिर्गुहो रविः।
शिवो दुर्गान्तको विश्वे हरिः कामः शिवः शशी॥ (मु० चि०)

२. 'सूर्योदयमारभ्य पुनः सूर्योदयपर्यन्ता 'शुद्धा' तदन्या 'विद्धा', सा प्रदोषनिशीथोभयव्यापिनी ग्राह्या।' (तिथिनिर्णय)

त्रयोदश्यस्तगे सूर्ये चतसृष्वेव नाडिषु।
भूतविद्धा तु या तत्र शिवरात्रिव्रतं चरेत्॥ (वायुपुराण)

भूतानि शक्तय: शूलभृद् यत:। अतस्तस्यां चतुर्दश्यां सत्यां तत्पूजनं भवेत्॥' अर्थात् रात्रिके समय भूत, प्रेत, पिशाच, शक्तियाँ और स्वयं शिवजी भ्रमण करते हैं; अत: उस समय इनका पूजन करनेसे मनुष्यके पाप दूर हो जाते हैं। यदि यह (शिवरात्रि) त्रिस्पृशा* (१३-१४-३०—इन तीनोंके स्पर्शकी) हो तो अधिक उत्तम होती है। इसमें भी सूर्य या भौमवारका योग (शिवयोग) और भी अच्छा है। 'पारण' के लिये '**व्रतान्ते पारणम्**', '**तिथ्यन्ते पारणम्**' और '**तिथिभान्ते च पारणम्**' आदि वाक्योंके अनुसार व्रतकी समाप्तिमें पारण किया जाता है, किंतु शिवरात्रिके व्रतमें यह विशेषता है कि '**तिथीनामेव सर्वासामुपवासव्रतादिषु। तिथ्यन्ते पारणं कुर्याद् विना शिवचतुर्दशीम्॥**' (स्मृत्यन्तर) शिवरात्रिके व्रतका पारण चतुर्दशीमें ही करना चाहिये और यह पूर्वविद्धा (**प्रदोषनिशीथोभयव्यापिनी**) चतुर्दशी होनेसे ही हो सकता है। व्रतीको चाहिये कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशीको प्रात:कालकी संध्या आदिसे निवृत्त होकर भालमें भस्मका त्रिपुण्ड्र तिलक और गलेमें रुद्राक्षकी माला धारण करके हाथमें जल लेकर '**शिवरात्रिव्रतं ह्येतत् करिष्येऽहं महाफलम्। निर्विघ्नमस्तु मे चात्र त्वत्प्रसादाज्जगत्पते॥**' यह मन्त्र पढ़कर जलको छोड़ दे और दिनभर (शिवस्मरण करता हुआ) मौन रहे। तत्पश्चात् सायंकालके समय फिर स्नान करके शिव-मन्दिरमें जाकर सुविधानुसार पूर्व या उत्तरमुख होकर बैठे और तिलक तथा रुद्राक्ष धारण करके '**ममाखिलपापक्षयपूर्वकसकलाभीष्टसिद्धये शिवपूजनं करिष्ये**' यह संकल्प करे। इसके बाद ऋतुकालके गन्ध-पुष्प, बिल्वपत्र, धतूरेके फूल, घृतमिश्रित गुग्गुलकी धूप, दीप, नैवेद्य और नीराजनादि आवश्यक सामग्री समीप रखकर रात्रिके प्रथम प्रहरमें 'पहली',

---

* त्रयोदशी कला ह्येका मध्ये चैव चतुर्दशी।
अन्ते चैव सिनीवाली 'त्रिस्पृशा' शिवमर्चयेत्॥ (माधव)

द्वितीयमें 'दूसरी' तृतीयमें 'तीसरी' और चतुर्थमें 'चौथी' पूजा करे। चारों पूजन पंचोपचार, षोडशोपचार या राजोपचार—जिस विधिसे बन सके समानरूपसे करे और साथमें रुद्रपाठादि भी करता रहे। इस प्रकार करनेसे पाठ, पूजा, जागरण और उपवास—सभी सम्पन्न हो सकते हैं। पूजाकी समाप्तिमें नीराजन, मन्त्रपुष्पांजलि और अर्घ्य, परिक्रमा करे तथा प्रत्येक पूजनमें '**मया कृतान्यनेकानि पापानि हर शंकर। शिवरात्रौ ददाम्यर्घ्यमुमाकान्त गृहाण मे॥**'—से अर्घ्य देकर '**संसारक्लेशदग्धस्य व्रतेनानेन शंकर। प्रसीद सुमुखो नाथ ज्ञानदृष्टिप्रदो भव॥**' से प्रार्थना करे। स्कन्दपुराणका कथन है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशीको शिवजीका पूजन, जागरण और उपवास करनेवाला मनुष्य माताका दूध कभी नहीं पी सकता अर्थात् उसका पुनर्जन्म नहीं होता है। इस व्रतकी दो कथाएँ हैं। एकका सारांश यह है कि एक बार एक धनवान् मनुष्य कुसंगवश शिवरात्रिके दिन पूजन करती हुई किसी स्त्रीका आभूषण चुरा लेनेके अपराधमें मार डाला गया, किंतु चोरीकी ताकमें वह आठ प्रहर भूखा-प्यासा और जागता रहा था, इस कारण स्वतः व्रत हो जानेसे शिवजीने उसको सद्गति दी। दूसरीका सारांश यह है कि शिवरात्रिके दिन एक व्याधा दिनभर शिकारकी खोजमें रहा, तो भी शिकार नहीं मिला। अन्तमें वह गुँथे हुए एक झाड़की ओटमें बैठ गया। उसके अंदर स्वयम्भू शिवजीकी एक मूर्ति और एक बिल्ववृक्ष था। उसी अवसरपर एक हरिणीपर वधिककी दृष्टि पड़ी। उसने अपने सामने पड़नेवाले बिल्वपत्रोंको तोड़कर शिवजीपर गिरा दिया और धनुष लेकर बाण छोड़ने लगा। तब हरिणी उसे उपदेश देकर जीवित चली गयी। इसी प्रकार वह प्रत्येक प्रहरमें आयी और चली गयी। परिणाम यह हुआ कि उस अनायास किये हुए व्रतसे ही शिवजीने उस व्याधाको सद्गति दी और भवबाधासे मुक्त कर दिया। बन सके तो शिवरात्रिका व्रत सदैव

करना चाहिये और न बन सके तो १४ वर्षके[1] बाद 'उद्यापन' कर देना चाहिये। उसके लिये चावल, मूँग और उड़द आदिसे 'लिंगतोभद्र' मण्डल बनाकर उसके बीचमें सुवर्णादिके सुपूजित दो कलश स्थापन करे और चारों कोणोंमें तीन-तीन कलश स्थापन करे। इसके बाद ताँबेके नाँदियेपर विराजे हुए सुवर्णमय शिवजी और चाँदीकी बनी हुई पार्वतीको बीचके दोनों कलशोंपर यथाविधि स्थापन करके पद्धतिके अनुसार सांगोपांग षोडशोपचार पूजन और हवनादि करे। अन्तमें गोदान, शय्यादान, भूयसी आदि देकर और ब्राह्मणभोजन कराके स्वयं भोजनकर व्रतको समाप्त करे। पूजनके समय शंख, घण्टा आदि बजानेके विषयमें (योगिनीतन्त्रमें) लिखा है कि '**शिवागारे झल्लकं च सूर्यागारे च शंखकम्। दुर्गागारे वंशवाद्यं मधुरीं च न वादयेत्॥**' अर्थात् शिवजीके मन्दिरमें झालर, सूर्यके मन्दिरमें शंख और दुर्गाके मन्दिरमें मीठी बंसरी नहीं बजानी चाहिये। शिवरात्रिके व्रतमें कठिनाई तो इतनी है कि इसे वेदपाठी विद्वान् ही यथाविधि सम्पन्न कर सकते हैं और सरलता इतनी है कि पठित-अपठित, धनी-निर्धन—सभी अपनी-अपनी सुविधा या सामर्थ्यके अनुसार शतशः रुपये लगाकर भारी समारोहसे अथवा मेहनत-मजदूरीसे प्राप्त हुए दो पैसेके गाजर, बेर और मूली आदि सर्वसुलभ फल-फूल आदिसे पूजन कर सकते हैं और दयालु शिवजी छोटी-से-छोटी और बड़ी-से-बड़ी—सभी पूजाओंसे प्रसन्न होते हैं।

(६) **मासशिवरात्रि** (मदनरत्न)—यह व्रत चैत्रादि सभी महीनोंकी कृष्ण[2] चतुर्दशीको किया जाता है। इसमें त्रयोदशीविद्धा

---

१. चतुर्दशाब्दं कर्तव्यं शिवरात्रिव्रतं शुभम्। (कालोत्तरखण्ड)

२. यतः प्रतिचतुर्दश्यां पूजा यत्नेन मे कृता।
तथा जागरणं तत्र संनिधौ मे कृतं तथा॥ (स्कन्दपुराण)

बहुत राततक रहनेवाली चतुर्दशी ली जाती है। कारण यह है कि इसमें भी महाशिवरात्रिके समान चारों पहरोंमें पूजा और जागरण किया जाता है। इसमें जया (त्रयोदशी)-का योग अधिक फलदायी होता है। इस व्रतका प्रथमारम्भ दीपावली या मार्गशीर्षसे करना चाहिये।

(७) फाल्गुनी अमा (लिंगपुराण)—फाल्गुन कृष्ण अमावस्याको रुद्र, अग्नि और ब्राह्मणोंका पूजन करके उन्हें उड़द, दही और पूरी आदिका नैवेद्य अर्पण करे और स्वयं भी उन्हीं पदार्थोंका एक बार भोजन करे। यदि '**अमा सोमे शनौ भौमे गुरुवारे यदा भवेत्। तत्पर्वं पुष्करं नाम सूर्यपर्वशताधिकम्॥**' अर्थात् अमावास्याके दिन सोम, मंगल, गुरु या शनिवार हो तो यह सूर्यग्रहणसे भी अधिक फल देनेवाली होती है। फाल्गुनी अमाके दिन युगका प्रारम्भ होनेसे इस दिन पित्रादिकोंका अपिण्ड श्राद्ध करना चाहिये।

शुक्लपक्ष

(१) पयोव्रत (श्रीमद्भागवत)—यह व्रत फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदासे द्वादशीपर्यन्त बारह दिनमें पूर्ण होता है। इसके लिये गुरु-शुक्रादिका उदय और उत्तम मुहूर्त देखकर फाल्गुनी अमावास्याको वनमें जाकर '**त्वं देव्यादिवराहेण रसायाः स्थानमिच्छता। उद्धृतासि नमस्तुभ्यं पाप्मानं मे प्रणाशय॥**'—इस मन्त्रसे जंगली शूकरकी खोदी हुई मिट्टीको शरीरमें लगाये और समीपके सरोवरमें जाकर शुद्ध स्नान करे। फिर गौके दूधकी खीर बनाकर दो विद्वान् ब्राह्मणोंको उसका भोजन कराये और स्वयं भी उसीका भोजन करे। दूसरे दिन (फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदाको) भगवान्‌को गौके दूधसे स्नान कराकर हाथमें जल लेकर '**मम सकलगुणगणवरिष्ठमहत्त्वसम्पन्नायुष्मत्पुत्रप्राप्तिकामनया विष्णुप्रीतये पयोव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करे। तदनन्तर

सुवर्णके बने हुए हृषीकेशभगवान्‌का '**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय**' इस मन्त्रसे आवाहनादि षोडशोपचार पूजन करके—**१ महापुरुषाय, २ सूक्ष्माय, ३ द्विशीर्ष्णे, ४ शिवाय, ५ हिरण्यगर्भाय, ६ आदिदेवाय, ७ मरकतश्यामवपुषे, ८ त्रयीविद्यात्मने, ९ योगैश्वर्यशरीराय नमः**—से भगवान्‌को प्रणाम और पुष्पांजलि अर्पण करके परिमित दूध एक बार पीये। इस प्रकार प्रतिपदासे द्वादशीपर्यन्त १२ दिनतक व्रत करके त्रयोदशीको विष्णुका यथाविधि पूजन करे। पंचामृतसे स्नान कराये और तेरह ब्राह्मणोंको गोदुग्धकी खीरका भोजन कराये। तदनन्तर सुपूजित मूर्ति भूमिके, सूर्यके, जलके या अग्निके अर्पण करके गुरुको दे और व्रतविसर्जन करके तेरहवें दिन स्वयं भी स्वल्पमात्रामें खीरका भोजन करे। यह व्रत पुत्रप्राप्तिकी इच्छा रखनेवाले अपुत्र स्त्री-पुरुषोंके करनेका है। देवमाता अदितिके उदरसे वामनभगवान् इसी व्रतके प्रभावसे प्रकट हुए थे।

(२) मधुकतृतीया (पुराणसमुच्चय)—यह व्रत फाल्गुन शुक्ल तृतीयाको किया जाता है। उस दिन प्रातःस्नानादिके पश्चात्—**१ भूमिकायै, २ देवभूषायै, ३ उमायै, ४ तपोवनरतायै** और **५ गौर्यै नमः**—इन पाँच मन्त्रोंके उच्चारणके साथ क्रमशः गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य—इन पाँच उपचारोंसे उमा (पार्वती)-का पूजन करे और '**दौर्भाग्यं मे शमयतु सुप्रसन्नं मनः सदा। अवैधव्यं कुले जन्म ददात्वपरजन्मनि॥**' इस मन्त्रसे प्रार्थना करे।

(३) अविघ्नकरव्रत (वाराहपुराण)—फाल्गुन शुक्ल चतुर्थीको सुवर्णके गणेशजीका गन्धादिसे पूजन करे, तिलोंके पदार्थका भोग लगाये, तिलोंका हवन करे, ताम्रादिके पाँच पात्रोंमें तिल भरकर ब्राह्मणोंको दे एवं उनको तिलोंके पदार्थका भोजन कराये तथा स्वयं भी तिलोंका भोजन और तिलोंसे ही पारण करे। इस प्रकार

चार महीनेतक प्रत्येक शुक्ल चतुर्थीका व्रत करके पाँचवें महीने (आषाढ़)-में पूर्वोक्त पूजित मूर्ति ब्राह्मणको दे तो सब विघ्न दूर होते हैं। प्राचीन कालमें अश्वमेधके समय महाराज सगरने, त्रिपुरासुरयुद्धमें शिवजीने और समुद्रमन्थनमें विघ्न न होनेके लिये स्वयं भगवान्ने यही व्रत किया था।

(४) मनोरथचतुर्थी (मत्स्यपुराण)—फाल्गुन शुक्ल चतुर्थीको सुवर्णके गणेशजीका गन्धादिसे पूजन करके नक्तव्रत करे। इस प्रकार बारह महीनेकी प्रत्येक शुक्ल चतुर्थीको करता रहकर सालभर बाद उक्त मूर्तिका दान करे तो सम्पूर्ण मनोरथ सिद्ध होते हैं।

(५) अर्कपुटसप्तमी (भविष्यपुराण)—फाल्गुन शुक्ल सप्तमीको प्रातः स्नानादिके पश्चात् '**खखोल्काय नमः**' इस मन्त्रसे सूर्यनारायणका पूजन करे। इसके पहले दिन (षष्ठीको) एकभुक्त, उस दिन (सप्तमीको) निराहार और अष्टमीको (तुलसीपत्रके समान) अर्कपत्र (आकके पत्तों)-का प्राशन करे तो सम्पूर्ण व्याधियाँ नष्ट हो जाती हैं।

(६) त्रिवर्गेष्टदा सप्तमी (भविष्यपुराण)—फाल्गुन शुक्ल सप्तमीको '**ॐ वेलीदेवाय नमः**' इस मन्त्रसे पूजनादि करके उपवास करनेसे त्रिवर्ग (अर्थ, धर्म और काम)-की सिद्धि होती है।

(७) कामदा सप्तमी (भविष्यपुराण)—फाल्गुन शुक्ल सप्तमीको स्त्री या पुरुष जो भी हो, '**सूर्याय नमः**' इस मन्त्रसे '**तमोऽपह**' (सूर्य)-का गन्धादिसे पूजन करके उठते-बैठते, सोते-जागते, सर्वत्र ही सूर्यका स्मरण करता रहे और फिर अष्टमीको स्नान करके सूर्यका यथोक्त विधिसे पूजनकर ब्राह्मणको दक्षिणा दे। सूर्यके उद्देश्यसे हवनकर भगवान्‌को नमस्कार करे। नैवेद्यमें कसार (घीमें सेके हुए शर्करासंयुक्त खुले हुए आटे)-का भोग लगाये। सात घोड़ोंका पूजन करे और पूजन-सामग्री ब्राह्मणको दे। इस प्रकार प्रतिमास

करनेसे अपुत्रको पुत्र, निर्धनको धन, रोगीको आरोग्य और निराश्रयको पदप्राप्ति आदि सब कुछ होते हैं।

(८) **कल्याणसप्तमी** (पुराणसमुच्चय)—फाल्गुन शुक्ल सप्तमीको सूर्यका पूजन करके सुवर्णसहित जलसे पूर्ण कलश और घी, गुड़ आदिका दान दे और दूसरे दिन ब्राह्मणोंका पूजन करके खीरका भोजन कराये और स्वयं भी एक बार खीर खाये।

(९) **द्वादशसप्तमी** (हेमाद्रि)—यह व्रत माघ शुक्ल सूर्यसप्तमीसे आरम्भ किया जाता है। विधान यह है कि १ माघमें '**भानवे**', २ फाल्गुनमें '**सूर्याय**', ३ चैत्रमें '**वेदांशवे**', ४ वैशाखमें '**धात्रे**', ५ ज्येष्ठमें '**इन्द्राय**', ६ आषाढ़में '**दिवाकराय**', ७ श्रावणमें '**आतपिने**', ८ भाद्रपदमें '**रवये**', ९ आश्विनमें '**सवित्रे**', १० कार्तिकमें '**सप्ताश्वाय**', ११ मार्गशीर्षमें '**भानवे**' और १२ पौषमें '**भास्कराय नमः**'—इन नामोंसे सूर्यनारायणका पूजन करके उपवास करे और माघ कृष्ण सप्तमीके शुद्ध भूमिके प्रांगणमें लाल चन्दनका लेप करके उसपर एक, दो या चार हाथके विस्तारका सिन्दूरसे सूर्यमण्डल बनाये और उसपर लाल वस्त्रोंसे ढके हुए तिलपूर्ण और दक्षिणासहित बारह कलश स्थापन करके लाल गन्ध-पुष्पादिसे उनमें सूर्यका पूजन करे और **आकृष्णेन०**' से हवन करके ब्राह्मणोंको भोजन कराये और उक्त कलशादि ब्राह्मणोंको दे। इस प्रकार एक वर्षपर्यन्त करनेसे सूर्यलोककी प्राप्ति होती है।

(१०) **लक्ष्मी-सीताष्टमी** (वीरमित्रोदय)—फाल्गुन शुक्ल अष्टमीको एक चौकीपर लाल वस्त्र बिछाकर उसपर अक्षतोंका अष्टदल कमल बनाये और उसपर लक्ष्मी तथा जानकीकी सुवर्णमयी मूर्ति-स्थापन करके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। फिर प्रदोषके समय हजार (अथवा जितनी सामर्थ्य हो उतने) दीपक जलाये और ब्राह्मणोंको

भोजन कराके बान्धवोंसहित स्वयं भोजन करे तथा दूसरे दिन पूजन-सामग्री आदि दो ब्राह्मणोंको दे। यह अष्टमी प्रदोषव्यापिनी ली जाती है। यदि दो दिन हो तो परा लेनी चाहिये।

(११) बुधाष्टमी (निर्णयामृत)—जब-जब शुक्लाष्टमीको (विशेषकर फाल्गुन शुक्ल अष्टमीको) बुधवार हो तो उसका व्रत करनेसे यथोक्त फल होता है, किंतु संध्याकालमें और देवशयनके दिनोंमें इस व्रतके करनेसे दोष होता है।

(१२) आनन्दनवमी (भविष्यपुराण)—यह व्रत फाल्गुन शुक्ल पंचमीसे प्रारम्भ होता है। विधि यह है कि फाल्गुन शुक्ल पंचमीको एकभुक्त, षष्ठीको नक्त, सप्तमीको अयाचित, अष्टमीको निराहार और नवमीको उपवास करे। फिर देवी (सरस्वती)-का यथाविधि पूजन करके दूसरे दिन विसर्जन करे।

(१३) शुक्लैकादशी (ब्रह्माण्डपुराण)—फाल्गुन शुक्ल एकादशी 'आमलकी' कहलाती है। इस दिन आँवलेके समीप बैठकर* भगवान्का पूजन करे। ब्राह्मणोंको दक्षिणा दे और कथा सुने। रात्रिमें जागरण करके दूसरे दिन पारण करे। इसकी कथाका सार यह है कि वैदेशिक नगरमें चैत्ररथ राजाके यहाँ एकादशीके व्रतका अत्यधिक प्रचार था। एक बार फाल्गुन शुक्ल एकादशीके दिन नगरके सम्पूर्ण नर-नारियोंको व्रतके महोत्सवमें मग्न देखकर कौतूहलवश एक व्याधा वहाँ आकर बैठ गया और भूखा-प्यासा दूसरे दिनतक वहीं बैठा रहा। इस प्रकार अकस्मात् ही व्रत और जागरण हो जानेसे दूसरे जन्ममें वह जयन्तीका राजा

---

* फाल्गुने मासि शुक्लायामेकादश्यां जनार्दनः।
वसत्यामलकीवृक्षे लक्ष्म्या सह जगत्पतिः॥
तत्र सम्पूज्य देवेशं शक्त्या कुर्यात् प्रदक्षिणाम्।
उपोष्य विधिवत् कल्पं विष्णुलोके महीयते॥ (नृसिंहपरिचर्या)

हुआ। विशेष विधि-विधान और निर्णय आदि चैत्रके व्रत-परिचयमें दिये गये हैं, वहाँ देखने चाहिये।

(१४) पापनाशिनी द्वादशी (ब्रह्माण्डपुराण)—फाल्गुन शुक्ल एकादशीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् हाथमें जल लेकर '**द्वादश्यां तु निराहारः स्थित्वाहमपरेऽहनि। भोक्ष्यामि जामदग्न्येश शरणं मे भवाच्युत ॥**'—इस मन्त्रके उच्चारणसे व्रत ग्रहण करे। फिर आँवलेके वृक्षके नीचे एक वेदी बनाकर उसपर कलश स्थापन करके उसीपर ताँबे या बाँसके पात्रमें लाजा (खील) भरकर रखे और उसमें सुवर्णनिर्मित परशुरामकी मूर्ति रखकर '**क्षत्रान्तकरणं घोरमुद्वहन् परशुं करे। जामदग्न्यः प्रकर्तव्यो रामो रोषारुणेक्षणः ॥**' से ध्यान करे और उनको पंचामृतसे स्नान कराकर षोडशोपचार पूजन करे। इसके अतिरिक्त '**पादयोर्विशोकाय**', '**जान्वोः सर्वरूपिणे**', '**नासिकायां शोकनाशाय**', '**ललाटे वामनाय**', '**भ्रुवो रामाय**' और '**शिरसि सर्वात्मने नमः**' से अंगपूजा और नाममन्त्रसे आयुध-पूजा करे। फिर '**नमस्ते देवदेवेश जामदग्न्य नमोऽस्तु ते। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं मालत्या सहितो हरे ॥**' से अर्घ्य देकर '**माता पितामहश्चान्ये अपुत्रा ये च गोत्रिणः। ते पिबन्तु मया दत्तं धात्रीमूले सदा पयः ॥**' से आँवलेका अभिषेक करके १०८, २८ या ८ परिक्रमा करे और ब्राह्मण-भोजनादिसे पीछे व्रतका विसर्जन करे।

(१५) सुगतिद्वादशी (पृथ्वीचन्द्रोदय)—फाल्गुन शुक्ल द्वादशीको भगवान्का पूजन करके 'श्रीकृष्ण' इस मन्त्रके १०८ जप करे और उपवास रखे।

(१६) सुकृतद्वादशी (पुराणसमुच्चय)—इस व्रतमें फाल्गुन शुक्ल दशमीको मध्याह्नभोजन, एकादशीको उपवास, द्वादशीको एकभुक्त और त्रयोदशीको अयाचित भोजन करे।

(१७) नन्दत्रयोदशी (विष्णुधर्मोत्तर)—फाल्गुन शुक्ल

त्रयोदशीको श्रीकृष्णके उद्देश्यसे व्रत करे और उत्सव करके भगवान्‌का पूजन करे।

(१८) **प्रदोषव्रत** (व्रतोत्सव)—यह सुपरिचित पूर्वागत व्रत प्रत्येक त्रयोदशीको किया जाता है। इसके उपयोगी विशेष विधि-विधान और वाक्यादि चैत्रके व्रतमें दिये गये हैं।

(१९) **महेश्वरव्रत** (विष्णुधर्मोत्तर)—फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशीको सोपवास शिवपूजन करके गोदान करनेसे अग्निष्टोमके समान फल होता है। यदि प्रतिमास दोनों चतुर्दशियोंको एक वर्षतक व्रत किया जाय तो कुलका उद्धार और पुण्डरीकाक्षका आश्रय प्राप्त होता है।

(२०) **वृषदानव्रत** (वीरमित्रोदय)—इसी दिन (फाल्गुन शुक्ल १४ को) यथोक्तगुण*-सम्पन्न वृषका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके विद्वान् ब्राह्मणको दे तो सम्पूर्ण पाप दूर हो जाते हैं।

(२१) **सर्वार्तिहरव्रत** (सनत्कुमारसंहिता)—फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशीको प्रातःस्नानादि नित्यकर्मसे निवृत्त होकर '**मम सकलपापतापप्रशमनकामनया ईश्वरप्रीतये सर्वार्तिहरव्रतं करिष्ये।**'—यह संकल्प करके काम, क्रोध, लोभ, मोह, अनाचार और मिथ्या-भाषणादि दोषोंका त्यागकर सूर्योदयसे

---

* लोहितो यस्तु वर्णेन मुखे पुच्छे च पाण्डुरः।
श्वेतः खुरविषाणाभ्यां स नीलो वृष उच्यते॥ (हरिहर)
चरणांसमुखं पुच्छं यस्य श्वेतानि गोपतेः।
लाक्षारससवर्णश्च तं नीलमिति निर्दिशेत्॥
भूमौ कर्षति लांगूलं प्रलम्बं स्थूलवालधिः।
पुरस्तादुन्नतो नीलो वृषभः स प्रशस्यते॥
श्वेतोदरः कृष्णपृष्ठो ब्राह्मणस्य प्रशस्यते।
स्निग्धवर्णेन रक्तेन क्षत्रियस्य प्रशस्यते॥
कांचनाभेन वैश्यस्य कृष्णः शूद्रस्य शस्यते। (अन्यत्र)
यस्य प्रागायते शृंगे भ्रूमुखाभिमुखे सदा।
सर्वेषामेव वर्णानां स च सर्वार्थसाधकः॥ (स्मृत्यन्तर)

सूर्यास्तपर्यन्त करबद्ध और विनम्र होकर सूर्यके सम्मुख अविचल खड़ा रहे। सूर्यास्तके समय पुनः स्नानकर भगवान्‌का विधिवत् पूजन करके निराहार व्रत रखे और दूसरे दिन भोजन करे तो इस व्रतके करनेसे ज्वरसे उत्पन्न होनेवाले सब रोग, फोड़ा-फुन्सी, प्लीहा (तिल्ली), सब प्रकारके शूल (दर्द), सब प्रकारके कोढ़, अरुचि, अजीर्ण, जलाघात, अग्निमान्द्य और अतिसारादि प्रायः सभी रोग और भव-बाधादि सभी दुःख दूर होकर देवदुर्लभ सुख सुलभ हो जाते हैं। सूर्यके सम्मुख खड़ा रहनेके लिये कुछ दिन पहलेसे दो-दो, चार-चार घंटेतक खड़े रहनेका क्रमोत्तर अभ्यास करके फिर उक्त चतुर्दशीको दिनभर खड़ा रहे। सूर्यबिम्बको विशेष न देखे। नेत्रोंको नीचा रखे। यथासाध्य पृथ्वीको या तत्रस्थ फल-पुष्प और दूर्वा आदिको देखता रहे तो कष्ट नहीं होता। सूर्याभिमुख खड़ा रहे, उस दिन दिनके तीन भाग बनाये। फिर प्रातःकालीन पहले सवा पहरमें पूर्वाभिमुख, मध्याह्नकालीन दूसरे सवा पहरमें उत्तराभिमुख और सायंकालीन तीसरे सवा पहरमें पश्चिमाभिमुख रहे।

(२२) फाल्गुनी पूर्णिमा (बृहद्यम)—यह पूर्वविद्धा ली जाती है। इस दिन सायंकालके समय भगवान्‌को हिंडोलेमें विराजमानकर आन्दोलित करे (उनका उसीमें पूजन करके हिंडोलेको हिलाये) और नीराजन करके यथास्थान विराजमानकर एकभुक्त भोजन करे। इसी दिन चन्द्रमा प्रकट हुआ था, अतः चन्द्रोदय होनेपर उसका पूजन करे।

(२३) व्रतद्वयी पूर्णिमा (कृत्यतत्त्वार्णव)—फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमाको कश्यप ऋषिके औरस और अदितिके गर्भसे अर्यमा (आदित्य) एवं अनुसूयाके गर्भसे निशाकर (चन्द्रमा) उत्पन्न हुए थे। अतः सूर्योदयके समय आदित्यका और चन्द्रोदयके समय

चन्द्रमाका (अथवा चन्द्रोदयके समय सूर्य और चन्द्र दोनोंका) विधिपूर्वक पूजन करके गायन, वादन और नृत्यसे जागरण करे। इस दिन उपवास न करे। नक्तव्रत (रात्रिमें एक बार भोजन) करे।

(२४) फाल्गुन्यां पूर्वाफाल्गुनी (विष्णु)—यदि फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमाको पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र हो तो बिस्तर, चादर, रजाई और तकिया आदिसे युक्त और सुपूजित शय्याको '**अशून्यं शयनं नित्यमनूनां श्रियमुन्नतिम्। सौभाग्यं देहि मे नित्यं शय्यादानेन केशव॥**'—इस मन्त्रसे विद्वान् ब्राह्मणको दे तो आज्ञामें रहनेवाली सुर-सुन्दरी स्त्री प्राप्त होती है। यदि यह दान स्त्री करे तो उसको धन, विद्या और सम्मानयुक्त सुन्दर पति प्राप्त होता है।

(२५) अशोकव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमाको मृत्तिका मिले हुए जलसे स्नान करे, मस्तकमें भी मृत्तिकाका मर्दन करे और मृत्तिकाका भक्षण भी करे। तत्पश्चात् शुद्ध भूमिमें वेदी बनाकर उसपर 'भूधर' नामके देवताकी कल्पना करके '**भूधराय नमः**', इस नाम-मन्त्रसे उसका पूजन करे और '**धरणीं च तथा देवीमशोकेति च कीर्तयेत्। यथा विशोकां धरणि कृतवांस्त्वां जनार्दनः॥**' इस मन्त्रसे प्रार्थना करे। इस व्रतके करनेसे सब शोक निर्मूल हो जाते हैं और दस पीढ़ियोंतक सब सुखी रहते हैं।

(२६) लक्ष्मीनारायणव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमाको प्रातःकालसे सायंकालपर्यन्त सभी प्रकारके धूर्त, मूर्ख, पापी, पाखण्डी, परद्रव्यादिका अपहरण करनेवाले व्यभिचारी, दुर्व्यसनी, मिथ्याभाषी, अभक्त और विद्वेषी मनुष्योंसे वार्तालापतकका संसर्ग त्यागकर मौन रहे और मनमें भगवान्‌का स्मरण करे और उनका प्रीतिपूर्वक प्रातःकालीन पूजन करके व्रत रखे। फिर सायंकालमें चन्द्रोदय होनेपर उसके बिम्बमें ईश्वर (परमेश्वर),

सूर्य और लक्ष्मी—इनका चिन्तन करके पूजन करे और '**श्रीर्निशा चन्द्ररूपस्त्वं वासुदेव जगत्पते। मनोऽभिलषितं देव पूरयस्व नमो नमः॥**' इस मन्त्रसे अर्घ्य दे और रात्रिमें तैलवर्जित एक बार भोजन करे। इस प्रकार फाल्गुनी, चैत्री, वैशाखी और ज्येष्ठीका व्रत करके 'पंचगव्य' (गौके दूध, दही, घी, गोबर और गोमूत्रको वस्त्रसे छानकर प्रमाणका) पीये। आषाढ़ी, श्रावणी, भाद्री और आश्विनीका व्रत करके 'कुशोदक' (दिनभर जलमें भीगी हुई डाभका जल) पीये और कार्तिकी, मार्गशीर्षी, पौषी और माघीका व्रत करके सूर्यकी किरणोंसे दिनभर तपे हुए जलको पीये। इस प्रकार वर्षपर्यन्त व्रत करके उसका विसर्जन करे तो सम्पूर्ण अभिलाषाएँ पूर्ण होती हैं।

(२७) कूर्चव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमाके पहले दिन उपवास करके पूर्णिमाको पंचगव्य पीये और प्रतिपदाको हविष्यान्नका भोजन करे तो उस महीनेके सब पाप दूर हो जाते हैं। यह व्रत इन्द्रकी प्रसन्नताका है, अतएव सदैव किया जाय तो और भी अच्छा है।

(२८) पृथक्-पृथक् तीर्थक्षेत्रीय व्रत (गर्गसंहिता)—स्वस्थानकी अपेक्षा तीर्थस्थानोंमें किये हुए व्रतादिका अधिक फल होता है। यथा फाल्गुनकी पूर्णिमाको 'नैमिषारण्य' में, चैत्रीको 'गण्डकी' में, वैशाखीको 'हरिद्वार' में, ज्येष्ठीको 'जगदीशपुरी' (पुरुषोत्तमक्षेत्र) में, आषाढ़ीको 'कनखल' में, श्रावणीको 'केदार' में, भाद्रीको 'बदरिकाश्रम' में, आश्विनीको 'कुब्जाद्रि' (कुमुदगिरि) में, कार्तिकीको 'पुष्कर' में, मार्गीको 'कान्यकुब्ज' में, पौषीको 'अयोध्या' में और माघीको 'प्रयाग' में अभीष्ट व्रत, दान और यजन करनेसे कई गुना अधिक फल होता है।

(२९) होलिकादहन (नानापुराण-स्मृति)—यह फाल्गुन

शुक्ल पूर्णिमाको होता है। इसका मुख्य सम्बन्ध होलीके दहनसे है। जिस प्रकार श्रावणीको ऋषिपूजन, विजयादशमीको देवीपूजन और दीपावलीको लक्ष्मीपूजनके पीछे भोजन किया जाता है, उसी प्रकार होलिकाके व्रतवाले उसकी ज्वाला देखकर भोजन करते हैं। होलिकाके दहनमें पूर्वविद्धा प्रदोषव्यापिनी[१] पूर्णिमा ली जाती है। यदि वह दो दिन[२] प्रदोषव्यापिनी हो तो दूसरी लेनी चाहिये। यदि प्रदोषमें भद्रा हो तो उसके मुखकी[३] घड़ी त्यागकर[४] प्रदोषमें दहन करना चाहिये। भद्रामें होलिकादहन[५] करनेसे जनसमूहका नाश होता है। प्रतिपदा,[६] चतुर्दशी, भद्रा और दिन—इनमें होली जलाना सर्वथा त्याज्य है। कुयोगवश यदि जला दी जाय तो वहाँके राज्य, नगर और मनुष्य अद्‌भुत उत्पातोंसे एक ही वर्षमें हीन हो जाते हैं। यदि पहले दिन प्रदोषके समय भद्रा[७] हो और दूसरे दिन सूर्यास्तसे पहले पूर्णिमा समाप्त होती हो तो भद्राके समाप्त होनेकी प्रतीक्षा करके सूर्योदय होनेसे पहले होलिकादहन करना चाहिये। यदि पहले दिन प्रदोष न हो और हो तो भी रात्रिभर भद्रा रहे (सूर्योदय होनेसे पहले न उतरे) और

---

१. प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या पूर्णिमा फाल्गुनी सदा। (नारद)
निशागमे तु पूज्येत होलिका सर्वतोमुखैः। (दुर्वासा)
सायाह्ने होलिकां कुर्यात् पूर्वाह्णे क्रीडनं गवाम्। (निर्णयामृत)

२. दिनद्वये प्रदोषे चेत् पूर्णा दाहः परेऽहनि। (स्मृतिसार)

३. पूर्णिमायाः पूर्वे भागे चतुर्थप्रहरस्य पंचघटीमध्ये भद्राया मुखं ज्ञेयम्। (ज्योतिर्निबन्ध)

४. तस्यां भद्रामुखं त्यक्त्वा पूज्या होला निशामुखे। (पृथ्वीचन्द्रोदय)

५. भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा। (स्मृत्यन्तर)

६. प्रतिपद्भूतभद्रासु यार्चिता होलिका दिवा।
संवत्सरं तु तद्राष्ट्रं पुरं दहति साद्‌भुतम्॥ (चन्द्रप्रकाश)

७. दिनार्धात् परतो या स्यात् फाल्गुनी पूर्णिमा यदि।
रात्रौ भद्रावसाने तु होलिकां तत्र पूजयेत्॥ (भविष्योत्तर)

दूसरे दिन सूर्यास्तसे पहले ही पूर्णिमा समाप्त होती हो तो ऐसे अवसरमें पहले दिन भद्रा हो तो भी उसके पुच्छमें[१-२] होलिकादीपन कर देना चाहिये। यदि पहले दिन रात्रिभर भद्रा रहे और दूसरे दिन प्रदोषके समय पूर्णिमाका उत्तरार्ध मौजूद भी हो तो भी उस समय यदि चन्द्रग्रहण[३] हो तो ऐसे अवसरमें पहले दिन भद्रा हो तब भी सूर्यास्तके पीछे होली जला देनी चाहिये। यदि दूसरे दिन प्रदोषके समय पूर्णिमा हो और भद्रा उससे पहले उतरनेवाली हो, किंतु चन्द्रग्रहण[४] हो तो उसके शुद्ध होनेके पीछे स्नान करके होलिकादहन करना चाहिये। यदि फाल्गुन दो हों (मलमास हो) तो शुद्ध मास[५] (दूसरे फाल्गुन)-की पूर्णिमाको होलिकादीपन करना चाहिये। स्मरण रहे कि जिन स्थानोंमें माघ शुक्ल पूर्णिमाको 'होलिकारोपण' का कृत्य किया जाता है, वह उसी दिन करना चाहिये; क्योंकि वह भी होलीका ही अंग है। होली क्या है? क्यों जलायी जाती है? और इसमें पूजन किसका होता है? इसका आंशिक समाधान पूजाविधि और कथासारसे होता है। होलीका उत्सव रहस्यपूर्ण है। इसमें होली, ढुंढा, प्रह्लाद और स्मरशान्ति तो हैं ही; इसके सिवा इस दिन 'नवान्नेष्टि' यज्ञ भी सम्पन्न होता है। इसी अनुरोधसे धर्मध्वज राजाओंके यहाँ माघी पूर्णिमाके प्रभातमें शूर, सामन्त और शिष्ट मनुष्य गाजे-बाजे और

---

१. पृथिव्यां यानि कार्याणि शुभानि ह्यशुभानि च।
तानि सर्वाणि सिद्ध्यन्ति विष्टिपुच्छे न संशयः॥ (लल्ल)

२. पूर्णिमायाः पूर्वे भागे तृतीयप्रहरस्य घटीत्रयं भद्रायाः पुच्छं ज्ञेयम्। (पंचद्व्यद्रिकृताष्टेति मुहूर्तचिन्तामणौ)

३. दिवाभद्रा यदा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा।
सा भद्रा भद्रदा यस्माद् भद्रा कल्याणकारिणी॥ (ज्योतिष-तत्त्व)

४. ग्रहणशुद्धौ 'स्नात्वा कर्माणि कुर्वीत शृतमन्नं विसर्जयेत्।' (स्मृतिकौस्तुभ)

५. स्पष्टमासविशेषाख्याविहितं वर्जयेन्मले। (धर्मसार)

लवाजमेसहित नगरसे बाहर वनमें जाकर शाखासहित वृक्ष लाते हैं और उसको गन्धादिसे पूजकर नगर या गाँवसे बाहर पश्चिम दिशामें आरोपित करके खड़ा कर देते हैं। जनतामें यह 'होली', 'होलीदंड' (होलीका डाँडा) एवं 'प्रह्लादके नामसे प्रसिद्ध होता है; किंतु इसे 'नवान्नेष्टि' का यज्ञस्तम्भ माना जाय तो निरर्थक नहीं होगा।' अस्तु, व्रतीको चाहिये कि वह फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमाको प्रात:स्नानादिके अनन्तर '**मम बालकबालिकादिभिः सह सुखशान्तिप्राप्त्यर्थं होलिकाव्रतं करिष्ये।**' से संकल्प करके काष्ठखण्डके खड्ग बनवाकर बच्चोंको दे और उनको उत्साही सैनिक बनाये। वे नि:शंक होकर खेल-कूद करें और परस्पर हँसें। इसके अतिरिक्त होलिकाके दहन-स्थानको जलके प्रोक्षणसे शुद्ध करके उसमें सूखा काष्ठ, सूखे उपले और सूखे काँटे आदि भलीभाँति स्थापित करे। तत्पश्चात् सायंकालके समय हर्षोत्फुल्लमन होकर सम्पूर्ण पुरवासियों एवं गाजे-बाजे या लवाजमेके साथ होलीके समीप जाकर शुभासनपर पूर्व या उत्तरमुख होकर बैठे। फिर '**मम सकुटुम्बस्य सपरिवारस्य (पुरग्रामस्थजनपदसहितस्य वा) सर्वापच्छान्तिपूर्वकसकलशुभ-फलप्राप्त्यर्थं ढुण्ढाप्रीतिकामनया होलिकापूजनं करिष्ये।**'—यह संकल्प करके पूर्णिमा प्राप्त होनेपर अछूत* या सूतिकाके घरसे बालकोंद्वारा अग्नि मँगवाकर होलीको दीप्तिमान् करे और चैतन्य होनेपर गन्ध-पुष्पादिसे उसका पूजन करके '**असृक्पाभय-संत्रस्तैः कृता त्वं होलि बालिशैः। अतस्त्वां पूजयिष्यामि भूते भूतिप्रदा भव॥**'—इस मन्त्रसे तीन परिक्रमा या प्रार्थना करके अर्घ्य दे और लोकप्रसिद्ध होलीदण्ड (प्रह्लाद) या शास्त्रीय

---

* चाण्डालसूतिकागेहाच्छिशुहारितवह्निना ।
प्राप्तायां पूर्णिमायां तु कुर्यात् तत्काष्ठदीपनम्॥ (स्मृतिकौस्तुभ)

'यज्ञस्तम्भ' को शीतल जलसे अभिषिक्त करके उसे एकान्तमें रख दे। तत्पश्चात् घरसे लाये हुए खेड़ा, खाँडा और वरकूलिया आदिको डालकर होलीमें जौ-गेहूँकी बाल और चनेके होलोंको होलीकी ज्वालासे सेंके और यज्ञसिद्ध नवान्न तथा होलीकी अग्नि और यत्किंचित् भस्म लेकर घर आये। वहाँ आकर वासस्थानके प्रांगणमें गोबरसे चौका लगाकर अन्नादिका स्थापन करे। उस अवसरपर काष्ठके खड्गोंको स्पर्श करके बालकगण हास्यसहित शब्द करें! उनका रात्रि आनेपर संरक्षण किया जाय और गुड़के बने हुए पक्वान्न उनको दिये जायँ। इस प्रकार करनेसे ढुंढाके दोष शान्त हो जाते हैं और होलीके उत्सवसे व्यापक सुख-शान्ति होती है। कथाका सार यह है कि (१) उसी युगमें हिरण्यकशिपुकी बहिन, जो स्वयं आगसे नहीं जलती थी, अपने भाईके कहनेसे प्रह्लादको जलानेके लिये उसको गोदमें लेकर आगमें बैठ गयी; परंतु भगवान्‌की कृपासे ऐसा हुआ कि होली जल गयी; किंतु प्रह्लादको आँच भी नहीं लगी। उसके बदले हिरण्यकशिपु अवश्य मारा गया। (२) इसी अवसरपर नवीन धान्य (जौ, गेहूँ और चने)-की खेतियाँ पककर तैयार हो गयीं और मानव-समाजमें उनके उपयोगमें लेनेका प्रयोजन भी उपस्थित हो आया; किंतु धर्मप्राण हिंदू यज्ञेश्वरको अर्पण किये बिना नवीनान्नको उपयोगमें नहीं ले सके, अतः फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमाको समिधास्वरूप उपले आदिका संचय करके उसमें यज्ञकी विधिसे अग्निका स्थापन, प्रतिष्ठा, प्रज्वालन और पूजन करके '**रक्षोघ्न०**' सूक्तसे यव-गोधूमादिके चरुस्वरूप बालोंकी आहुति दी और हुतशेष धान्यको घर लाकर प्रतिष्ठित किया। उसीसे प्राणोंका पोषण होकर प्रायः सभी प्राणी हृष्ट-पुष्ट और बलिष्ठ हुए और होलीके रूपमें 'नवान्नेष्टि' यज्ञको सम्पन्न किया।

(परिशिष्ट)

(१) अधिमासव्रत

(१) **अधिमास** (श्रुति–स्मृति–पुराणादि)—जिस महीनेमें सूर्य-संक्रान्ति[१] न हो, वह महीना अधिमास होता है और जिसमें दो संक्रान्ति हों, वह क्षयमास होता है। इसको 'मलिम्लुच' भी कहते हैं। अधिमास ३२ महीने,[२] १६ दिन और ४ घड़ीके अन्तरसे आया करता है और क्षयमास १४१ वर्ष पीछे और उसके बाद १९ वर्ष पीछे आता है। क्षयमास कार्तिकादि तीन महीनोंमेंसे होता है। लोकव्यवहारमें अधिमासके 'अधिक मास', 'मलमास', 'मलिम्लुच मास' और 'पुरुषोत्तममास' नाम विख्यात है। चैत्रादि १२ महीनोंमें वरुण,[३] सूर्य, भानु, तपन, चण्ड, रवि, गभस्ति, अर्यमा, हिरण्यरेता, दिवाकर, मित्र और विष्णु—ये १२ सूर्य होते हैं और अधिमास इनसे पृथक् रह जाता है। इस कारण यह मलिम्लुच मास कहलाता है। 'अधिमासमें' फल-प्राप्तिकी कामनासे[४] किये जानेवाले प्रायः सभी काम वर्जित हैं और फलकी आशासे रहित होकर करनेके आवश्यक सब काम किये जा सकते हैं। यथा—कुएँ, बावली,[५] तालाब और बाग आदिका आरम्भ और प्रतिष्ठा; किसी भी प्रकार और किसी भी प्रयोजनके

---

१. असंक्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटः स्याद्
द्विसंक्रान्तिमासः क्षयाख्यः कदाचित्। (ज्योतिःशास्त्र)

२. द्वात्रिंशद्भिर्गतैर्मासैर्दिनैः षोडशभिस्तथा।
घटिकानां चतुष्केण पतति ह्यधिमासकः॥ (वसिष्ठसिद्धान्त)

३. वरुणः सूर्यो भानुस्तपनश्चण्डो रविर्गभस्तिश्च।
अर्यमहिरण्यरेतोदिवाकरा मित्रविष्णू च॥ (ज्योतिःशास्त्र)

४. न कुर्यादधिके मासि काम्यं कर्म कदाचन। (स्मृत्यन्तर)

५. वाप्यारामतडागकूपभवनारम्भप्रतिष्ठे व्रता-
रम्भोत्सर्गवधूप्रवेशनमहादानानि सोमाष्टके।

व्रतोंका आरम्भ और उत्सर्ग (उद्यापन); नवविवाहिता वधूका प्रवेश; पृथ्वी, हिरण्य और तुला आदिके महादान; सोमयज्ञ और अष्टकाश्राद्ध (जिसके करनेसे पितृगण प्रसन्न हों); गौका यथोचित दान; आग्रयण (यज्ञविशेष नवीन अन्नसे किये जानेवाला यज्ञ; यह वर्षा-ऋतुमें 'सावाँ' (साँवक्या) से, शरद्‌में चावलोंसे और वसन्तमें जौसे किया जाता है); पौसरेका प्रथमारम्भ; उपाकर्म (श्रावणी पूर्णिमाका ऋषिपूजन); वेदव्रत (वेदाध्ययनका आरम्भ); नीलवृषका विवाह; अतिपन्न (बालकोंके नियतकालमें न किये हुए संस्कार); देवताओंका स्थापन (देवप्रतिष्ठा); दीक्षा (मन्त्रदीक्षा, गुरुसेवा); मौंजी-उपवीत (यज्ञोपवीत-संस्कार); विवाह; मुण्डन (जड़ुला), पहले कभी न देखे हुए देव और तीर्थोंका निरीक्षण, संन्यास, अग्निपरिग्रह (अग्निका स्थायी स्थापन); राजाके दर्शन, अभिषेक, प्रथम यात्रा, चातुर्मासीय व्रतोंका प्रथमारम्भ, कर्ण-वेध और परीक्षा—ये सब काम अधिमासमें और गुरु-शुक्रके अस्त तथा उनके शिशुत्व और बालत्वके तीन-तीन दिनोंमें और न्यून मासमें भी सर्वथा वर्जित हैं। इनके अतिरिक्त तीव्र ज्वरादि प्राणघातक रोगादिकी निवृत्तिके रुद्रजपादि अनुष्ठान; कपिलषष्ठी-जैसे अलभ्य योगोंके प्रयोग; अनावृष्टिके अवसरमें वर्षा करानेके पुरश्चरण; वषट्कारवर्जित आहुतियोंका हवन; ग्रहणसम्बन्धी श्राद्ध; दान और जपादि; पुत्रजन्मके कृत्य और पितृमरणके श्राद्धादि तथा गर्भाधान, पुंसवन और सीमन्त-जैसे संस्कार और नियत अवधिमें समाप्त करनेके पूर्वागत प्रयोगादि किये जा सकते हैं।

गोदानाग्रयणप्रपाप्रथमकोपाकर्मवेदव्रतं
नीलोद्वाहमथातिपन्नशिशुसंस्कारान् सुरस्थापनम्॥
दीक्षामौञ्जिविवाहमुण्डनमपूर्वं देवतीर्थेक्षणं
संन्यासाग्निपरिग्रहौ नृपतिसंदर्शाभिषेकौ गमम्।
चातुर्मास्यसमावृती श्रवणयोर्वेधं परीक्षां त्यजेद्
वृद्धत्वास्तशिशुत्व इज्यसितयोर्न्यूनाधिमासे तथा॥ (मुहूर्तचिन्तामणि)

(२) **अधिमासव्रत** (भविष्योत्तर)—चैत्रादि महीनोंमें जो महीना अधिमास हो, उसके सम्पूर्ण साठ दिनोंमेंसे प्रथमकी शुक्ल प्रतिपदासे प्रारम्भ करके द्वितीयकी कृष्ण अमावास्यातक तीस दिनोंमें अधिमासके निमित्तका उपवास या नक्त अथवा एकभुक्त व्रत करके यथासामर्थ्य दान-पुण्यादि करे। यदि मासपर्यन्तकी सामर्थ्य न हो या उतना अवसर ही न मिले तो पुण्यप्रद किसी भी दिनमें दोनों स्त्री-पुरुष प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करके भगवान् वासुदेवको हृदयमें रखकर व्रत या उपवास करें और अव्रण कलशपर लक्ष्मी और नारायणकी मूर्ति स्थापन करके उनका सप्रेम पूजन करें। पूजनके समय '**देवदेव महाभाग प्रलयोत्पत्तिकारक। कृष्ण सर्वेश भूतेश जगदानन्दकारक। गृहाणार्घ्यमिमं देव दयां कृत्वा ममोपरि**' से अर्घ्य दे और '**स्वयम्भुवे नमस्तुभ्यं ब्रह्मणेऽमिततेजसे। नमोऽस्तु ते श्रितानन्द दयां कृत्वा ममोपरि॥**' से प्रार्थना करे। नैवेद्यमें घी, गेहूँ और गुड़के बने हुए पदार्थ; दाख, केले, नारियल, कूष्माण्ड (कुम्हड़ा) और दाडिमादि फल और बैगन, ककड़ी, मूली और अदरख आदि शाक अर्पण करके अन्न, वस्त्र, आभूषण और अन्य प्रकारके पृथक्-पृथक् पदार्थोंका दान दे।

(३) **अधिमासव्रत २** (हेमाद्रि)—यह व्रत मनुष्योंके सम्पूर्ण पापोंका हरण करनेवाला है। इसमें एकभुक्त, नक्त या उपवास और भगवान् भास्करका पूजन तथा कांस्यपात्रमें भरे हुए अन्न-वस्त्रादिका दान किया जाता है। प्राचीन कालमें नहुष राजाने इन्द्रत्वप्राप्तिके मदसे अपने नरयान (पालकी)-को वहन करनेमें महर्षि अगस्त्यको नियुक्त करके 'सर्प-सर्प' (चलो-चलो) कह दिया था। उस धृष्टताके कारण वह स्वयं सर्प हो गया। अन्तमें व्यासजीके आदेशानुसार अधिमासका व्रत करनेसे वह सर्पयोनिसे मुक्त हुआ। ......व्रतका विधान यह है कि अधिमास आरम्भ

होनेपर प्रातःस्नानादि नित्यकर्म करके विष्णुस्वरूप 'सहस्रांशु' (हजार किरणवाले सूर्यनारायणका) पूजन करे। विविध प्रकारके घी, गुड़ और अन्नका नित्य दान करे तथा घी, गेहूँ और गुड़के बनाये हुए तैंतीस अपूप (पूओं)-को कांस्यपात्रमें रखकर '**विष्णुरूपी सहस्रांशुः सर्वपापप्रणाशनः। अपूपान्नप्रदानेन मम पापं व्यपोहतु॥**' से प्रतिदिन दान करे और '**यस्य हस्ते गदाचक्रे गरुडो यस्य वाहनम्। शंखः करतले यस्य स मे विष्णुः प्रसीदतु॥**' से प्रार्थना करे तो कुरुक्षेत्रादिके स्नान, गो-भू-हिरण्यादिके दान और अगणित ब्राह्मणोंको भोजन करानेके समान फल होता है तथा सब प्रकारके धन, धान्य, पुत्र और परिवार बढ़ते हैं।

(४) पुरुषोत्तममासव्रत (भविष्योत्तरपुराण)—इस व्रतके विषयमें श्रीकृष्णने कहा था कि इसका फलदाता, भोक्ता और अधिष्ठाता—सब कुछ मैं हूँ। (इसी कारणसे इसका नाम पुरुषोत्तम है।) इस महीनेमें केवल ईश्वरके उद्देश्यसे जो व्रत, उपवास, स्नान, दान या पूजनादि किये जाते हैं, उनका अक्षय फल होता है और व्रतीके सम्पूर्ण अनिष्ट नष्ट हो जाते हैं।

(५) मलमासव्रत (देवीभागवत)—इस महीनेमें दान, पुण्य या शरीर-शोषण—जो भी किया जाय, उसका अक्षय फल होता है। यदि सामर्थ्य न हो तो ब्राह्मण और साधुओंकी सेवा सर्वोत्तम है। इससे तीर्थस्नानादिके समान फल होता है। पुण्यके कामोंमें व्यय करनेसे धन क्षीण नहीं होता, बल्कि बढ़ता है। जिस प्रकार अणुमात्र बीजके दान करनेसे वट-जैसा दीर्घजीवी महान् वृक्ष होता है, वैसे ही मलमासमें दिया हुआ दान अधिक फल देता है।

(६) अधिमासीयार्चनव्रत (पूजापंकजभास्कर)—अधिमासके व्रतोंमें भगवान्‌की पूजन-विधिमें यह विशेषता है कि गन्धयुक्त

पुष्प और श्रीसूक्तके मन्त्र—इनके साथमें भगवान्‌के नामोंका एक-एक करके उच्चारण करता हुआ उनके पुष्प अर्पण करे। नाम ये हैं—१—**कूर्माय**, २—**सहस्त्रशीर्ष्णे**, ३—**देवाय**, ४—**सहस्त्राक्षपादाय**, ५—**हरये**, ६—**लक्ष्मीकान्ताय**, ७—**सुरेश्वराय**, ८—**स्वयम्भुवे**, ९—**अमिततेजसे**, १०—**ब्रह्मप्रियाय**, ११—**देवाय**, १२—**ब्रह्मगोत्राय। पुनः लक्ष्म्यै नमः, कमलायै नमः, श्रियै नमः, पद्मवासायै नमः, हरिवल्लभायै नमः, क्षीराब्धितनयायै नमः, इन्दिरायै नमः**—इन नामोंसे पुष्प अर्पण करके '**पुराणपुरुषेशान सर्वशोकनिकृन्तन। अधिमासव्रते प्रीत्या गृहाणार्घ्यं श्रिया सह॥' पुराणपुरुषेशान जगद्धातः सनातन। सपत्नीको ददाम्यर्घ्यं सृष्टिस्थित्यन्तकारिणे॥ देवदेव महाभाग प्रलयोत्पत्तिकारक। कृपया सर्वभूतस्य जगदानन्दकारक। गृहाणार्घ्यमिमं देव दयां कृत्वा ममोपरि॥**'—इन मन्त्रोंसे तीन बार अर्घ्य दे तो महाफल होता है।

(२) संक्रान्तिव्रत

(१) संक्रान्ति (बहुसम्मत)—सूर्य जिस राशिपर[1] स्थित हो, उसे छोड़कर जब दूसरी राशिमें प्रवेश करे, उस समयका नाम संक्रान्ति है। ऐसी बारह संक्रान्तियोंमें मकरादि[2] छः और कर्कादि छः राशियोंके भोगकालमें क्रमशः उत्तरायण और दक्षिणायन—ये दो अयन होते हैं। इनके अतिरिक्त मेष और तुलाकी संक्रान्तिकी 'विषुवत्';[3] वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भकी 'विष्णुपदी' और मिथुन, कन्या, धनु एवं मीनकी 'षडशीत्यानन'

---

१. रवेः संक्रमणं राशौ संक्रान्तिरिति कथ्यते। (नागरखण्ड)

२. मकरकर्कटसंक्रान्तिक्रमेणोत्तरायणं दक्षिणायनं स्यात्। (मुक्तकसंग्रह)

३. अयने द्वे विषुवती चतस्त्रः षडशीतयः।
चतस्त्रो विष्णुपद्यश्च संक्रान्त्यो द्वादश स्मृताः॥ (वसिष्ठ)

संज्ञा होती है। अयन या संक्रान्तिके समय व्रत-दान या जपादि करनेके विषयमें 'हेमाद्रि'[१] के मतसे संक्रमण होनेके समयसे पहले और पीछेकी १५-१५ घड़ियाँ, 'बृहस्पति'[२] के मतसे दक्षिणायनके पहले और उत्तरायणके पीछेकी २०-२० घड़ियाँ और 'देवल'[३] के मतसे पहले और पीछेकी ३०-३० घड़ियाँ पुण्यकालकी होती हैं। इनमें 'वसिष्ठ' के मतसे[४] 'विषुव' के मध्यकी, विष्णुपदी और दक्षिणायनके पहलेकी तथा षडशीतिमुख और उत्तरायणके पीछेकी उपर्युक्त घड़ियाँ पुण्यकालकी होती हैं। वैसे सामान्य[५] मतसे सभी संक्रान्तियोंकी १६-१६ घड़ियाँ अधिक फलदायक हैं। यह विशेषता है कि दिनमें संक्रान्ति[६] हो तो पूरा दिन, अर्धरात्रिसे पहले हो तो उस दिनका उत्तरार्ध, अर्धरात्रिसे पीछे हो तो आनेवाले दिनका पूर्वार्ध, ठीक अर्धरात्रिमें[७] हो तो पहले और पीछेके तीन-तीन प्रहर और उस समय अयनका भी परिवर्तन हो तो तीन-तीन दिन पुण्यकालके होते हैं। उस समय

---

१. अधः पंचदश ऊर्ध्वं च पंचदशेति। (हेमाद्रि)

२. दक्षिणायने विंशतिः पूर्वा मकरे विंशतिः परा। (बृहस्पति)

३. संक्रान्तिसमयः सूक्ष्मो दुर्ज्ञेयः पिशितेक्षणैः।
तद्योगाच्चाप्यधश्चोर्ध्वं त्रिंशन्नाड्यः पवित्रिताः॥ (देवल)

४. मध्ये तु विषुवे पुण्यं प्राग्विष्णौ दक्षिणायने।
षडशीतिमुखेऽतीते अतीते चोत्तरायणे॥ (वसिष्ठ)

५. अर्वाक् षोडश विज्ञेया नाड्यः पश्चाच्च षोडश।
कालः पुण्योऽर्कसंक्रान्तेः········॥ (शातातप)

६. अह्नि संक्रमणे पुण्यमहः सर्वं प्रकीर्तितम्।
रात्रौ संक्रमणे पुण्यं दिनार्धं स्नानदानयोः॥
अर्धरात्रादधस्तस्मिन् मध्याह्नस्योपरि क्रिया।
ऊर्ध्वं संक्रमणे चोर्ध्वमुदयात्प्रहरद्वयम्॥ (वसिष्ठ)

७. पूर्णे चैवार्धरात्रे तु यदा संक्रमते रविः।
तदा दिनत्रयं पुण्यं मुक्त्वा मकरकर्कटौ॥ (ज्योतिर्वसिष्ठ)

दान देनेमें भी यह विशेषता है कि अयन अथवा[१] संक्रमण-समयका दान उनके आदिमें और दोनों ग्रहण तथा षडशीतिमुखके निमित्तका दान अन्तमें देना चाहिये।

(२) **संक्रान्तिव्रत** (वंगऋषिसम्मत)—मेषादि किसी भी संक्रान्तिका जिस दिन संक्रमण हो उस दिन प्रातःस्नानादिसे निवृत्त होकर '**मम ज्ञाताज्ञातसमस्तपातकोपपातकदुरितक्षयपूर्वक श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तपुण्यफलप्राप्तये श्रीसूर्यनारायणप्रीतये च अमुकसंक्रमणकालीनमयनकालीनं वा स्नानदानजपहोमादिकर्माहं करिष्ये।**'—यह संकल्प करके वेदी या चौकीपर लाल कपड़ा बिछाकर अक्षतोंका अष्टदल लिखे और उसमें सुवर्णमय सूर्यनारायणकी[२] मूर्ति-स्थापन करके उनका पंचोपचार (स्नान, गन्ध, पुष्प, धूप और नैवेद्य)-से पूजन और निराहार, साहार, अयाचित, नक्त या एकभुक्त व्रत करे तो सब प्रकारके पापोंका क्षय, सब प्रकारकी अधि-व्याधियोंका निवारण और सब प्रकारकी हीनता अथवा संकोचका निपात होता है तथा प्रत्येक प्रकारकी सुख-सम्पत्ति, संतान और सहानुभूतिकी वृद्धि होती है।

(३) **संक्रमणव्रत** (गर्ग-गालव-गौतमादि)—मेषादि किसी भी अधिकृत राशिको छोड़कर सूर्य दूसरी राशिमें प्रवेश करे (अथवा सौम्य या याम्यायनकी प्रवृत्ति हो) उस समय दिन-रात्रि, पूर्वाह्ण-पराह्ण, पूर्वापरिनिश्यर्द्ध या अर्धरात्रिका कुछ भी विचार न करके तत्काल[३] स्नान करे और सफेद वस्त्र धारण

---

१. अयनादौ सदा देयं द्रव्यमिष्टं गृहेषु यत्।
षडशीतिमुखे चैवं विमोक्षे चन्द्रसूर्ययोः॥ (संक्रान्तिकृत्य)

२. उपोष्यैवं तु संक्रान्तौ स्नातो योऽभ्यर्चयेद्धरिम्।
प्रातः पंचोपचारेण स काम्यं फलमश्नुते॥ (वसिष्ठ)

३. रवेः संक्रमणं राशौ संक्रान्तिरिति कथ्यते।
स्नानदानजपश्राद्धहोमादिषु महाफला॥ (नागरखण्ड)

करके अक्षतादिके अष्टदलपर स्थापित किये हुए सुवर्णमय सूर्यका उपर्युक्त प्रकारसे पूजन करे। साथ ही '**ॐ आकृष्णेन०**' या '**ॐ नमो भगवते सूर्याय**' अथवा '**ॐ सूर्याय नमः**' का जप और आदित्यहृदयादिका पाठ करके घी, शक्कर और मेवा मिले हुए तिलोंका हवन करे और अन्न-वस्त्रादि देय वस्तुओंका दान दे तो इनमेंसे एक-एक भी पावन[१] करनेवाला होता है। स्मृत्यन्तमें रात्रिको स्नान और दान वर्जित किये हैं। इसका 'विष्णु' ने यह समाधान किया है कि विवाह, व्रत, संक्रान्ति, प्रतिष्ठा, ऋतुस्नान, पुत्रजन्म, चन्द्रादित्यके ग्रहण और व्यतीपात—इनके निमित्तका 'रात्रिस्नान'[२] और ग्रहण, उद्वाह (विवाह), संक्रान्ति, यात्रा, प्रसवपीड़ा और इतिहासोंका श्रवण—इनके निमित्तका 'रात्रिदान'[३] वर्जित नहीं है। यही नहीं, यदि कोई ग्रहणादि उक्त अवसरोंमें रात्रिके विचारसे स्नान (और दान) न[४] करे तो वह चिरकाल (कई वर्षों)-तक रोगी और दरिद्री रहता है। व्रतसंख्यामें यह विशेषता है कि वृद्धवसिष्ठके मतानुसार अयन[५] (मकर-कर्क-संक्रमण) और विषुव (मेष-तुला-संक्रमण)—इनमें तीन रात्रिका और आपस्तम्बके मतानुसार अयन,[६] विषुव और दोनों ग्रहण—

---

१. अत्र स्नानं जपो होमो देवतानां च पूजनम्।
उपवासस्तथा दानमेकैकं पावनं स्मृतम्॥ (संवर्त)

२. विवाहव्रतसंक्रान्तिप्रतिष्ठाऋतुजन्मसु।
तथोपरागपातादौ स्नाने दाने निशा शुभा॥ (विष्णु)

३. ग्रहणोद्वाहसंक्रान्तियात्रार्तिप्रसवेषु च।
श्रवणे चेतिहासस्य रात्रौ दानं प्रशस्यते॥ (सुमन्तु)

४. रविसंक्रमणे प्राप्ते न स्नायाद् यस्तु मानवः।
चिरकालिकरोगी स्यान्निर्धनश्चैव जायते॥ (शातातप)

५. अयने विषुवे चैव त्रिरात्रोपोषितो नरः। (वृद्धवसिष्ठ)

६. अयने विषुवे चैव ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
अहोरात्रोषितः स्नातः सर्वपापैः प्रमुच्यते॥ (आपस्तम्ब)

इनमें अहोरात्र (सूर्योदयसे सूर्योदयपर्यन्त)-का उपवास करनेसे सब पाप छूट जाते हैं। परंतु पुत्रवान्[१] गृहस्थीके लिये रविवार, संक्रान्ति, चन्द्रादित्यके ग्रहण और कृष्णपक्षकी एकादशीका व्रत करनेकी आज्ञा नहीं है। अतः उनको चाहिये कि वह व्रतकी अपेक्षा स्नान और दान अवश्य करें। इनके करनेसे दाता और भोक्ता दोनोंका कल्याण होता है। षडशीति (कन्या,[२] मिथुन, मीन और धन) तथा विषुवती (तुला और मेष) संक्रान्तिमें दिये हुए दानका अनन्तगुना, अयनमें दिये हुएका करोड़गुना, विष्णुपदीमें दिये हुएका लाखगुना, षडशीतिमें हजारगुना, इन्दुक्षय (चन्द्रग्रहण)-में सौगुना, दिनक्षय (सूर्यग्रहण)-में हजारगुना और व्यतीपातमें दिये हुए दानादिका अनन्तगुना फल होता है। देयके विषयमें[३] भी यह विशेषता है कि—१ 'मेष' संक्रान्तिमें मेढा, २ 'वृष' में गौ, ३ 'मिथुन' में अन्न-वस्त्र और दूध-दही, ४ 'कर्क'में धेनु, ५ 'सिंह'में सुवर्णसहित छत्र (छाता), ६ 'कन्या' में वस्त्र और गायें, ७ 'तुला' में अनेक प्रकारके धान्य-बीज (जौ, गेहूँ और चने आदि), ८ 'वृश्चिक' में घर-मकान या झोंपड़े (पर्णकुटी), ९ 'धनु' में बहुवस्त्र और सवारियाँ, १० 'मकर' में काष्ठ और

---

१. आदित्येऽहनि संक्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
उपवासो न कर्तव्यो गृहिणा पुत्रिणा तथा॥
'कृष्णैकादशीति' विशेषः। (नारद)

२. षडशीत्यां तु यद् दत्तं यद् दानं विषुवद्वये।
दृश्यते सागरस्यान्तस्तस्यान्तो नैव दृश्यते॥ (भारद्वाज)
अयने कोटिपुण्यं च लक्षं विष्णुपदीफलम्।
षडशीतिसहस्त्रं च षडशीत्यां स्मृतं बुधैः॥
शतमिन्दुक्षये दानं सहस्त्रं तु दिनक्षये।
विषुवे शतसाहस्त्रं व्यतीपाते त्वनन्तकम्॥ (वसिष्ठ)

३. मेषसंक्रमणे भानोर्मेषदानं महाफलम्। (विश्वामित्र)

अग्नि, ११ 'कुम्भ' में गायोंके लिये जल और घास तथा १२ 'मीन' में उत्तम प्रकारके माल्य (तेल-फुलेल-पुष्पादि) और स्थानका दान करनेसे सब प्रकारकी कामनाएँ सिद्ध होती हैं और संक्रान्ति आदिके अवसरोंमें हव्य-कव्यादि[१] जो कुछ दिया जाता है, सूर्यनारायण उसे जन्म-जन्मान्तरपर्यन्त प्रदान करते रहते हैं।

(४) **महाजया संक्रान्तिव्रत** (ब्रह्मपुराण)—किसी महीनेकी कोई भी संक्रान्ति यदि शुक्लपक्षकी सप्तमी और रविवारको हो तो वह 'महाजया'[२] होती है। उस दिन प्रातःस्नानादिके पश्चात् अक्षतोंके अष्टदलपर सुवर्णमय सूर्यमूर्तिको अथवा पूर्वप्रतिष्ठित सूर्य-प्रतिमाको स्थापित करके गौके घी और दूधसे पूर्ण स्नान कराये तथा पंचोपचार पूजन करके सोपवास जप, तप, हवन, देवपूजा, पितृतर्पण और दान करे तथा ब्राह्मणभोजन कराये तो अश्वमेधादिके समान फल होता है और व्रत करनेवालेको सूर्यलोककी प्राप्ति होती है।

(५) **धनसंक्रान्तिव्रत** (स्कन्दपुराण)—संक्रान्तिके समय मनुष्य अछिद्र (बिना छेदके) कलशमें जल, फल, सर्वौषधि और दक्षिणा रखकर उसको अष्टदलपर स्थापित करके उसके मध्यमें सुवर्णमय सूर्यका गन्धादिसे पूजन करे, एकभुक्त व्रत करे और इस प्रकार वर्षपर्यन्त करके उद्यापन करे तो धनसे संयुक्त रहता है।

(६) **धान्यसंक्रान्तिव्रत** (स्कन्दपुराण)—मेषार्कके समय स्नान करके सूर्यका ध्यान करे और '**करिष्यामि व्रतं देव त्वद्भक्त-स्त्वत्परायणः। तदा विघ्नं न मे यातु तव देव प्रसादतः॥**'

---

१. संक्रान्तौ यानि दत्तानि हव्यकव्यानि दातृभिः।
तानि नित्यं ददात्यर्कः पुनर्जन्मनिजन्मनि॥ (शातातप)

२. शुक्लपक्षे तु सप्तम्यां यदा संक्रमते रविः।
महाजया तदा सा वै सप्तमी भास्करप्रिया॥ (ब्रह्मपुराण)

से संकल्प करके व्रत करे। तत्पश्चात् अष्टदलपर पूर्वमें भास्कर, अग्निकोणमें रवि, दक्षिणमें विवस्वान्, नैर्ऋत्यमें पूषा, पश्चिममें वरुण, वायव्यमें दिवाकर, उत्तरमें मार्तण्ड, ईशानमें भानु और मध्यमें विश्वात्माका नाम-मन्त्रोंसे पूजन करके व्रत करे और इस प्रकार बारह महीने करनेके बाद पूजनसामग्री और लगभग १६ किलो अन्न सत्पात्रको दे तो धान्यकी वृद्धि होती है।

(७) **भोगसंक्रान्तिव्रत** (स्कन्दपुराण)—संक्रान्तिके समय सपत्नीक ब्राह्मणको बुलाकर उसको उत्तम पदार्थोंका भोजन करावे। कुंकुम, कज्जल, कौसुम्भ, सिन्दूर, पान, पुष्प, फल और तण्डुल देकर दोनोंको दो-दो वस्त्र और अलग-अलग दक्षिणा दे तो यथारुचि भोग मिलते हैं।

(८) **रूपसंक्रान्तिव्रत** (मत्स्यपुराण)—संक्रान्तिके समय तैलमर्दनके अनन्तर शुद्ध स्नान करके सोने, चाँदी, ताँबे या पलाशके पात्रमें घी और सोना रखकर उसमें अपने शरीरका छायावलोकन करे और ब्राह्मणको देकर व्रत करे तो रूप बढ़ता है।

(९) **तेजःसंक्रान्तिव्रत** (मत्स्यपुराण)—संक्रान्तिके पुण्यकालमें सुपूजित कलशको चावलोंसे भरकर उसपर घीका दीपक रखे और उसके समीपमें मोदक रखकर, '**ममाखिलदोषप्रशमनपूर्वकतेजः प्राप्तिकामनयेदं पूर्णपात्रं गन्धपुष्पाद्यर्चितं यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृजे।**' से जल छोड़कर सम्पूर्ण सामग्री ब्राह्मणको दे तो इससे तेज बढ़ता है।

(१०) **आयुःसंक्रान्तिव्रत** (स्कन्दपुराण)—संक्रान्तिके समय काँसीके पात्रमें यथासामर्थ्य घी, दूध और सुवर्ण रखकर गन्धादिसे पूजन करके '**क्षीरं च सुरभीजातं पीयूषममलं घृतम्। आयुरारोग्यमैश्वर्यमतो देहि द्विजार्पितम्॥**' से उसका दान करे तो तेज, आयु और आरोग्यता आदिकी वृद्धि होती है।

(११) मेषादिगत सूर्यव्रत (लक्ष्मीनारायणसंग्रह)—व्रतीको चाहिये कि मेषसंक्रान्तिमें सूर्य रहे तबतक प्रत्येक रविवारको तीन बूँद 'गोबर जल' पीकर व्रत करे। इसी प्रकार वृषमें केवल तीन अंजलि जल; मिथुनमें तीन काली मिर्च; कर्कमें तीन मुट्‌ठी गोधूमसत्तू; सिंहमें तीन बूँद गोशृंगका धोया हुआ जल; कन्यामें तीन पल अन्न; तुलामें केवल प्राणायामकी वायुका भक्षण; वृश्चिकमें तीन तुलसीदल; धनुमें तीन पल गोघृत; मकरमें तीन मुट्‌ठी तिल; कुम्भमें तीन पल गौका दही और मीनमें तीन पल गोदुग्ध पीकर उपवास करे तो सब प्रकारके अरिष्ट, कष्ट या व्याधियाँ दूर हो जाती हैं और शरीरकी सुन्दरता तथा शक्ति बढ़ जाती है।

(३) अयनव्रत

(१) अयनव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—उत्तरायणकी प्रवृत्तिके समय गौके लगभग दो किलो घृतसे विष्णुको स्नान कराये तो सब पापोंसे मुक्त होकर विष्णुसायुज्यको प्राप्त होता है।

(२) अयनव्रत २ (भविष्योत्तर)—उत्तरायणके समय ब्राह्मणको लगभग दो किलो घी और सुपूजित घोड़ी दे तो सूर्यलोककी प्राप्ति होती है।

(४) पक्षव्रत

(१) पक्ष (धर्मसार)—जिसका देव और पितृकार्योंके अर्थ पृथक्-पृथक् परिग्रहण किया जाय उस (कालविशेष)-को पक्ष कहते हैं अथवा जिसमें चन्द्रमाकी कलाएँ पूर्ण अथवा क्षीण हों उसे पक्ष कहते हैं। ऐसे दो पक्ष 'शुक्ल' और 'कृष्ण' अथवा पूर्व और पर नामसे प्रसिद्ध हैं। ये दोनों पक्ष धर्मशास्त्रके अनुसार 'देव' निमित्तके जप, ध्यान, उपासना, होम, यज्ञ, प्रतिष्ठा अथवा सौभाग्य-वृद्धिके सदनुष्ठान आदिमें और 'पितृ' निमित्तके श्राद्ध,

तर्पण, हन्तकार या महालयादि कार्योंमें उपयुक्त किये जाते हैं। ज्योतिःशास्त्रके अनुसार सब प्रकारके 'शुभकार्य'—यथा आभ्युदयिक श्राद्ध या मांगलिक महोत्सव और 'अशुभ' कार्य—यथा मृत मनुष्यकी अज्ञात मृत्युके अन्त्येष्टिकर्मादि या तन्निमित्तक तीर्थश्राद्ध अथवा गयायात्रा आदि कार्योंमें उपयुक्त किये जाते हैं।

(२) पक्षव्रत (मुक्तकसंग्रह)—यह व्रत शुक्लपक्षमें प्रतिपदासे प्रारम्भ करके पूर्णिमापर्यन्त प्रतिदिन किया जाता है। उसमें प्रातः-स्नानादिके अनन्तर सुवर्णमय सूर्यका पंचोपचार पूजन करके दोनों हाथोंकी अंजलिमें गन्ध, अक्षत, पुष्प और जल लेकर '**एहि सूर्यसहस्त्रांशो तेजोराशे जगत्पते। अनुकम्पय मां देव गृहाणार्घ्यं दिवाकर॥**' से तीन बार अर्घ्य दे और मध्याह्नमें हविष्यान्नका एक बार भोजन करे। कृष्णपक्षमें प्रतिपदासे प्रारम्भ करके अमावस्यापर्यन्त प्रतिदिन प्रातःस्नानादिके पश्चात् चाँदीके बने हुए चन्द्रमाका पंचोपचार पूजन करे और अंजलिमें यथापूर्व जल लेकर '**सोमप्रकाशकाय सूर्याय एषोऽर्घः।**' से अर्घ्य देकर—'**आदित्यस्य नमस्कारं ये कुर्वन्ति दिने दिने। जन्मान्तरसहस्त्रेषु दारिद्र्यं नोपजायते॥**' से नमस्कार करे तो आयु, आरोग्य और सौभाग्यकी वृद्धि होती है और ऋण हो तो वह उतर जाता है।

(५) वारव्रत

(१) वारव्रत (श्रुति, स्मृति, पुराणादि)—सप्ताहमें सूर्य, चन्द्र, भौम, बुध, गुरु, भृगु और शनि—ये सात वार यथाक्रम हैं और आजके सूर्योदयसे दूसरे सूर्योदयतक रहते हैं। तिथ्यादिकी क्षय-वृद्धि अथवा उनके मानका न्यूनाधिक्य होता है, किंतु वारोंमें ऐसा नहीं होता। जिनके नामसे वार प्रसिद्ध हैं, उनके अधिष्ठाता सूर्यादि सात ग्रह आकाशमें प्रत्यक्ष दर्शन देते हैं। उनमेंसे सूर्य निरंजन निराकार ज्योतिःस्वरूप परमात्माकी प्रत्यक्ष प्रतिमूर्ति हैं

और चन्द्रादि छः ग्रहों तथा अन्य सभी तारागणोंको प्रकाशित करते हैं। इसी कारण शास्त्रकारोंने ग्रह-नक्षत्रादि सभीमें परमेश्वरका अंश होना बतलाया है और इस कारण उनके निमित्तसे जप, दान, प्रतिष्ठा, पूजा और व्रत आदिके विधान नियत किये हैं। अन्य देवी-देवताओंके व्रतोंकी भाँति सुख-सौभाग्यादिकी उपलब्धिके हेतुसे तो वारोंके व्रत करते ही हैं, साथ ही जन्मलग्न, वर्षलग्न, मासलग्न, उनकी दशा-विदशा, अन्तर-प्रत्यन्तर और गोचराष्टक वर्गादिमें कोई ग्रह अनिष्टकारी हो तो उसकी शान्तिके लिये व्रत किये जाते हैं! इसी विचारसे यहाँ वारोंके भी व्रत लिखे गये हैं। धर्मशास्त्रोंने जिस प्रकार ग्रहोंमें ईश्वरका अंश निर्धारित किया है उसी प्रकार सुवर्णमें भी ईश्वरका अंश सूचित किया है। इस कारण व्रतादिकी देवपूजामें सुवर्णकी मूर्ति स्थापित की जाती है। रस-शास्त्रमें चाँदीको सुवर्णके रूपमें परिणत करनेके विधान और ताँबाको सुवर्णका सहयोगी कहा है; इस कारण सोनेके अभावमें चाँदी और चाँदीके अभावमें ताँबा काममें आता है।

(२) रविवारव्रत (व्रतरत्नाकर)—वारोंके व्रतका आरम्भ विशेषकर वैशाख, मार्गशीर्ष और माघमें होता है। अतः मार्गशीर्ष शुक्लके पहले रविवारको प्रातःस्नानादि करनेके अनन्तर '**मम जन्मवर्ष-मास-दिन-होरा-अष्टकवर्ग-दशा-विदशा-सूक्ष्म-दशादिषु येऽनिष्टफलकारकास्तज्जनितजनिष्यमाणाखिलारिष्टनाद्यनिष्टझटिति-प्रशमनपूर्वकदीर्घायुर्बलपुष्टिनैरुज्यादिसकलशुभफलप्राप्त्यर्थं श्रीसूर्यनारायणप्रीतिकामनयाद्यारभ्य यावद्वर्षपर्यन्तं रविवारे रविवारव्रतं करिष्ये।**'—यह संकल्प करके सुवर्णनिर्मित सूर्यमूर्तिका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और मध्याह्नमें अलवण पदार्थोंका एकभुक्त भोजन करे। इस प्रकार वर्षपर्यन्त करके उद्यापन करे तो दाद, कोढ़, नेत्रपीड़ा और दीर्घरोग दूर होते हैं और आरोग्यता बढ़ती है।

(३) रविवारव्रत[२] (भविष्यपुराण)—चैत्र या मार्गशीर्षके शुक्ल पक्षमें पहले रविवारको गोबरसे चौका लगाकर उसपर चन्दनसे द्वादशदल पद्म लिखे। उसके मध्यमें सूर्यकी मूर्ति स्थापित करके षोडशोपचार पूजन करे। विशेषता यह है कि चैत्रके व्रतमें 'भानु' नामकी पूजा, घी और पूरीका नैवेद्य, दाडिमका अर्घ्य, मिठाईका दान और तीन पल (१७५ ग्राम) दूधका प्राशन (भोजन)। वैशाखमें तपनका पूजन, उड़द और घीका नैवेद्य, दाखका अर्घ्य, उड़दका दान और गोबरका प्राशन। ज्येष्ठमें 'इन्द्र' (सूर्य)-का पूजन, दही और सत्तूका नैवेद्य, आम्रफलका अर्घ्य, चावलोंका दान और दध्योदनका भोजन। आषाढ़में 'सूर्य' का पूजन, जायफलका नैवेद्य, चिउड़ाका अर्घ्य, भोजनका दान और तीन काली मिरचोंका प्राशन। श्रावणमें 'गभस्ति' का पूजन, सत्तू और पूरीका नैवेद्य, चिउड़ेका अर्घ्य, फलोंका दान और तीन मुट्ठी सत्तूका भोजन। भाद्रपदमें 'यम' (सूर्य)-का पूजन, घी-भातका नैवेद्य, कूष्माण्डका अर्घ्य, उसीका दान और गोमूत्रका प्राशन। आश्विनमें 'हिरण्यरेता' का पूजन, शर्कराका नैवेद्य, दाडिमका अर्घ्य, चावल और चीनीका दान और तीन पल चीनीका भोजन। कार्तिकमें 'दिवाकर' का पूजन, खीरका नैवेद्य, केलेका अर्घ्य, खीरका दान और उसीका भोजन। मार्गशीर्षमें 'मित्र' का पूजन, चावलोंका नैवेद्य, घी, गुड़ और श्रीफलका अर्घ्य, गुड़-घीका दान और तीन तुलसीदलोंका भक्षण। पौषमें 'विष्णु' का पूजन, चावल, मूँग और तिलोंकी खिचड़ीका नैवेद्य, बिजौरेका अर्घ्य, अन्नका दान और पावभर घीका भोजन। माघमें 'वरुण' (सूर्य)-का पूजन, केलेका नैवेद्य, तिलोंका अर्घ्य, गुड़का दान और तिल-गुड़का भोजन एवं फाल्गुनमें 'भानु' का पूजन, दही और घीका नैवेद्य, जँभीरीका अर्घ्य, दही और चावलोंका दान और तीन पल दहीका प्राशन करे। इस विधिमें यम-इन्द्रादिके नाम आये हैं, वे सूर्यके ही

नाम हैं। यह व्रत वर्षपर्यन्त करनेके बाद उद्यापन करे तो सब प्रकारके रोग-दोष दूर होते हैं।

(४) **कुष्ठहर आशादित्य रविवारव्रत** (स्कन्दपुराण)—आश्विन शुक्लके रविवारको प्रातःस्नानादि करके '**मम शुभाशासिद्धये आशादित्यव्रतं करिष्ये**' से संकल्प करके शुद्ध भूमिमें गोबरसे गोल मण्डल बनाकर केशर और सिन्दूरसे बारह दलका पद्म बनाये। उसके मध्यमें सूर्यकी मूर्ति स्थापित करके षोडशोपचार पूजन करे। इसमें पुष्पार्पण करनेके बाद **सूर्याय नमः 'पादौ', वरुणाय नमः 'जंघे', माधवाय नमः 'जानुनी', धात्रे नमः 'ऊरू', हरये नमः 'कटिम्', भगाय नमः 'गुह्यम्', सुवर्णरेतसे नमः 'नाभिम्', अर्यम्णे नमः 'जठरम्', दिवाकराय नमः 'हृदयम्', तपनाय नमः 'कण्ठम्', भानवे नमः 'स्कन्धौ', हंसाय नमः 'हस्तौ', मित्राय नमः 'मुखम्', रवये नमः 'नासिके', खगाय नमः 'नेत्रे', पूष्णे नमः 'कर्णौ', हिरण्यगर्भाय नमः 'ललाटम्', आदित्याय नमः 'शिरः'** और **भास्कराय नमः 'सर्वांगं पूजयामि'** से अंगपूजा करके धूप-दीपादि करे। इसमें '**पूजयामि**' सब नामोंके साथ लगावे। तत्पश्चात् ब्राह्मणोंको भोजन कराकर स्वयं भोजन करे। इस प्रकार एक वर्षतक करके उद्यापन करे। इस व्रतसे कोढ़-जैसी पापजन्य और पीढ़ियोंतक रहनेवाली बीमारियाँ निर्मूल हो जाती हैं। पूजनमें '**यथाशा विमलाः सर्वास्तव भास्कर भानुभिः। तथाशाः सफला नित्यं कुरु मह्यं यमार्चिता॥**' से अर्घ्य दे और '**नमो नमः पापविनाशनाय विश्वात्मने सप्ततुरंगमाय। सामर्ग्यजुर्धामनिधे विधातर्भवाब्धिपोताय नमः सवित्रे॥**' से प्रार्थना करे।

(५) **सौरधर्मोक्त रविवारव्रत** (स्कन्दपुराण)—यह व्रत मार्गशीर्षसे वर्षपर्यन्त किया जाता है। व्रतीको चाहिये कि व्रतके

दिन नदी आदिपर प्रातःस्नान करके देव और पितरोंका तर्पण करे। फिर शुद्ध भूमिमें बारह दलका पद्म लिखकर उसपर हर महीने सूर्यका पूजन करे। प्रकार यह है कि मार्गशीर्षमें 'मित्र' का पूजन, श्रीफलका अर्घ्य, चावलोंका नैवेद्य, गुड़-घीका दान और तीन तुलसीपत्रका प्राशन। पौषमें 'विष्णु' का पूजन, चावल, मूँग और तिलोंकी खिचड़ीका नैवेद्य, बिजौरेका अर्घ्य, घीका दान और तीन पल घीका प्राशन। माघमें 'वरुण' का पूजन, तिल-गुड़का नैवेद्य, ऋतुफलका अर्घ्य, उसीका दान और तीन मुट्ठी तिलोंका प्राशन। फाल्गुनमें 'सूर्य' का पूजन, जँभीरीका अर्घ्य, दही और घीका नैवेद्य, दही और चावलोंका दान और इन्हींका भोजन। चैत्रमें 'भानु' का पूजन, पूरी और घीका नैवेद्य, दाडिमका अर्घ्य, मिठाईका दान और तीन पल दूधका भोजन। वैशाखमें 'तपन' का पूजन, उड़दके बने हुए घृतयुक्त पदार्थोंका नैवेद्य, दाखका अर्घ्य, घीसहित उड़दोंका दान और गोबरका प्राशन। ज्येष्ठमें 'इन्द्र' का पूजन, करम्भ (दही-सत्तू)-का नैवेद्य, उसीका अर्घ्य, दही-भातका दान और तीन अंजलि जलका पान। आषाढ़में 'सूर्य' का पूजन, चिउड़ेका अर्घ्य, अन्नका दान और तीन काली मिरचोंका प्राशन। श्रावणमें 'गभस्ति' का पूजन, चिउड़ेका नैवेद्य, फलोंका अर्घ्य, भोजनका दान और तीन मुट्ठी सत्तूका प्राशन। भाद्रपदमें 'यम' का पूजन, घी और चावलका नैवेद्य, कूष्माण्डका अर्घ्य, भोजनका दान और गोमूत्रका प्राशन। आश्विनमें 'हिरण्यरेता' का पूजन, शक्करका नैवेद्य, दाडिमका अर्घ्य, चावल और शक्करका दान और तीन पल खाँडका प्राशन और कार्तिकमें 'दिवाकर' का पूजन, खीरका नैवेद्य, रम्भाफल (केले)-का अर्घ्य, खीरका दान और खीरका भोजन। इस प्रकार बारह महीने करके दूसरे मार्गशीर्षमें उद्यापन और ब्राह्मण-

भोजनादि कराकर व्रतका विसर्जन करे तो ब्राह्मणको विद्या, क्षत्रियको राज्य, वैश्यको सम्पत्ति, शूद्रको सुख, अपुत्रको पुत्र, कुमारीको पति, रोगीको आरोग्यता, कैदीको निर्मुक्ति और आशार्थीको आशासाफल्यकी प्राप्ति होती है।

(६) **दानफल रविवारव्रत** (स्कन्दपुराण)—यह व्रत आश्विनके शुक्ल रविवारसे माघकी शुक्ल सप्तमीतक किया जाता है। विधि यह है कि प्रातःस्नानादिके पश्चात् '**ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती नारायणः सरसिजासनसंनिविष्टः। केयूरवान् मकरकुण्डलवान् किरीटी हारी हिरण्मयवपुर्धृतशंखचक्रः॥**' से सूर्यका ध्यान करके सुवर्णकी सूर्यमूर्तिको पद्मासनपर विराजमानकर '**जगन्नाथाय आवाहनम्, पद्मासनाय आसनम्, ग्रहपतये पाद्यम्, त्रैलोक्यतमोहर्त्रे अर्घ्यम्, मित्राय आचमनीयम्, विश्वतेजसे पंचामृतम्, सवित्रे स्नानम्, जगत्पतये वस्त्रम्, त्रिमूर्तये यज्ञोपवीतम्, हरये गन्धम्, सूर्याय अक्षतानि, भास्कराय पुष्पाणि, अहर्पतये धूपम्, अज्ञाननाशिने दीपम्, लोकेशाय नैवेद्यम्, रवये ताम्बूलम्, भानवे दक्षिणाम्, पुष्णे फलम्, खगाय नीराजनम्, भास्कराय पुष्पांजलिम्** और **सर्वात्मने नमः प्रदक्षिणां समर्पयामि।** ('**नमः**' और '**समर्पयामि**' का सब नामोंके साथ उच्चारण करना चाहिये।) इस प्रकार पूजन करके '**दिवाकर नमस्तुभ्यं पापं नाशय भास्कर। त्रयीमयाय विश्वात्मन् गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से अर्घ्य दे। फिर प्रथम वर्षमें ५ प्रस्थ (लगभग १० किलो) चावल; दूसरेमें ५ प्रस्थ गेहूँ, तीसरेमें ५ प्रस्थ चने, चौथेमें ५ प्रस्थ तिल और पाँचवेंमें ५ प्रस्थ उड़दोंका दान करे और १२ ब्राह्मणोंको भोजन करावे तो इस व्रतके प्रभावसे समृद्धि-वृद्धि और स्त्री-पुत्रादिका सुख मिलता है।

(७) **वैदिक रविवारव्रत** (हंसकल्प)—रविवारके दिन

प्रातःस्नानादिके पश्चात् '**तिथिर्विष्णुस्तथा वारं नक्षत्रं विष्णुरेव च। योगश्च करणं विष्णुः सर्वं विष्णुमयं जगत्॥**' से पंचांगरूप विष्णुका स्मरण करके सूर्यके सम्मुख नतमस्तक हो और अंजलि बाँधकर नीचे लिखे मन्त्रोंका उच्चारण करता हुआ साष्टांग* (सम्पूर्ण शरीरको पृथ्वीपर फैलाकर) नमस्कार करे। यथा **ॐ ह्रां हंसः, शुचिषन्मित्राय नमः। ॐ ह्रीं वसुरन्तरिक्षसत् रवये नमः। ॐ ह्रूं होतावेदिसत् सूर्याय नमः। ॐ ह्रैं अतिथिर्हुरोणसत् भानवे नमः। ॐ ह्रौं नृषत् खगाय नमः। ॐ ह्रः वरसत् पूष्णे नमः। ॐ ह्रां ऋतसत् हिरण्यगर्भाय नमः। ॐ ह्रीं व्योमसत् मरीचये नमः। ॐ ह्रूं अब्जागोजा आदित्याय नमः। ॐ ह्रैं ऋतजाद्रिजाः सवित्रे नमः। ॐ ह्रौं ऋतमोम् अर्काय नमः** और **ॐ ह्रः बृहदोम् भास्कराय नमः।** इस प्रकार जितनी आवृत्ति की जा सके, करे। फिर १ **घृणिः सूर्य आदित्योम्**, २ **महाश्वेताय ह्रीं ह्रीं सः।** ३ **खखोल्काय नमः** और ४ **ह्रीं ह्रीं सः सूर्यायेति**। इन चार मन्त्रोंमेंसे किसी एकका यथासामर्थ्य जप करके नक्तव्रत (रात्रिमें एक बार भोजन) करे। इस प्रकार एक वर्ष करके समाप्तिके दिन सूर्योपासक वेदपाठी ब्राह्मणोंको भोजन करावे और फिर स्वयं भोजन करके व्रतका विसर्जन करे।

(८) **हृदयरविवारव्रत** (भविष्योत्तर)—यदि सूर्यसंक्रान्तिके दिन रविवार हो तो वह 'हृदय' योग होता है। ऐसे योगमें सूर्य-भगवान्का भक्तिपूर्वक पूजन और व्रत करके सूर्यके सम्मुख खड़ा होकर आदित्यहृदयके १०८ पाठ करे तो सम्पूर्ण काम सिद्ध होते हैं।

(९) **सोमवारव्रत** (स्कन्दपुराण)—यह व्रत चैत्र, वैशाख,

---

* उरसा शिरसा दृष्ट्या मनसा वचसा तथा।
पद्भ्यां कराभ्यां जानुभ्यां प्रणामोऽष्टांग ईरितः॥ (तन्त्रसार)

श्रावण, कार्तिक और मार्गशीर्षमासमें किया जाता है। विशेषकर श्रावणके व्रतका अधिक प्रचार है। व्रतीको चाहिये कि सोमवारके दिन प्रातःस्नान करके '**मम क्षेमस्थैर्यविजयारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं सोमव्रतं करिष्ये।**' यह संकल्प करके '**ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसं रत्नाकल्पोज्ज्वलांगं परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम्। पद्मासीनं समन्तात्स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसानं विश्वाद्यं विश्ववन्द्यं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्॥**' से ध्यान करे। फिर '**ॐ नमः शिवाय**' से शिवजीका और '**ॐ नमः शिवायै**' से पार्वतीजीका षोडशोपचार पूजन करके समीपके किसी पुष्पोद्यानमें जाकर एकभुक्त भोजन करे। इस प्रकार १४ वर्षतक व्रत करके फिर उद्यापन करे तो इससे पुरुषोंको स्त्री-पुत्रादिका और स्त्रियोंको पति-पुत्रादिका अखण्ड सुख मिलता है। प्राचीन कालमें विचित्रवर्माकी पुत्री सीमन्तिनीका पति (नलपुत्र) चित्रांगद नावके उलट जानेसे जलमें डूबकर नागलोकमें चला गया था। वह इसी व्रतके प्रभावसे वापस आकर विचित्रवर्माका उत्तराधिकारी हुआ और बहुत वर्षोंतक राज्य करके स्वर्गमें गया।

(१०) **अर्थप्रद सोमवारव्रत** (स्कन्दपुराण)—जिस दिन व्रत करनेकी श्रद्धा हो, उस दिन सब सामग्री जुटाकर, स्नान करके, सफेद वस्त्र धारणकर काम-क्रोधादिका त्याग करे और सुगन्धयुक्त श्वेत पुष्प लाकर मलयनाथका पूजन करे। नैवेद्यमें अभीष्ट अन्नके बने हुए पदार्थ अर्पण करे। फिर '**ॐ नमो दशभुजाय त्रिनेत्राय पंचवदनाय शूलिने। श्वेतवृषभारूढाय सर्वाभरणभूषिताय। उमादेहार्धस्थाय नमस्ते सर्वमूर्तये।**'—इन मन्त्रोंसे पूजा करे और इन्हींसे हवन करे। ऐसा करनेसे सम्पूर्ण कार्य सिद्ध होते हैं। ग्रहणादिमें जप-ध्यान, उपासना और दान

करने आदि सत्कार्योंसे जो फल मिलता है, वही इस सोमवारके व्रतसे मिलता है। इसके विषयमें मार्गशीर्षके व्रतका फल ऊपर लिखे अनुसार जानना चाहिये। आगे पौषमें अग्निष्टोम यज्ञके समान, माघमें गोदुग्ध और इक्षुरससे स्नान करके ब्रह्महत्यादिसे निवृत्त होनेके समान, फाल्गुनमें सूर्यादिके ग्रहणोंमें गोदान करनेके समान, चैत्रमें गंगाजलसे सोमनाथको स्नान करानेके समान, वैशाखमें अपूपादिसे पूजनकर कन्यादान करनेके समान, ज्येष्ठमें पुष्करस्नान करके गोदान करनेके समान, आषाढ़में बृहद् यज्ञोंके समान, श्रावणमें अश्वमेधके समान, भाद्रपदमें सवत्स गोदान करनेके समान, आश्विनमें सूर्योपरागके समय कुरुक्षेत्रमें रसधेनु और गुड़धेनु देनेके समान और कार्तिकमें चारों वेदोंके पढ़े हुए चार पण्डितोंको चार-चार घोड़े जुते हुए रथ देनेके समान फल होता है। भाव यह है कि किसी भी महीनेमें सोमवारका व्रत किया जाय तो वह निष्फल नहीं होता।

(११) श्रावणमासीय सोमवारव्रत (शिवरहस्य)—श्रावण मासके सोमवारोंमें केदारनाथ जाकर उनका अनेक प्रकारके गन्ध, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्यादि उपचारोंसे पूजन करे और शक्ति हो तो निराहार उपवास करे। शक्ति न हो तो नक्तव्रत (रात्रिमें एक बार भोजन) करे। इससे शिवजी प्रसन्न होते हैं और शिवसायुज्य प्रदान करते हैं।

(१२) भौमवारव्रत (वीरमित्रोदय)—भौमवारके दिन स्वातिनक्षत्र हो तो उस दिन प्रातःस्नानादि करके भौमकी मूर्तिका लाल पुष्पोंसे पूजन करे; लाल वस्त्रसे आच्छादित करे; गुड़, घी और गोधूमका नैवेद्य भोग लगावे। नक्तव्रत (रात्रिमें एक बार भोजन) करे और भूशयन करे। इस प्रकार छः भौमवार करके सातवेंको भौमकी सुवर्णमयी मूर्तिका पूजन करे। दो लाल

वस्त्रोंसे आच्छादित करे। लाल गन्धका लेपन करे। धूप, पुष्प, अक्षत और दीपक रखे तथा सफेद कसारका भोग लगाये। घी, चीनी और तिलोंका '**ॐ कुजाय नमः स्वाहा**' से हवन करे। पूजनके पश्चात् ब्राह्मणको भोजन कराकर मूर्ति आदि उसको दे तो भौमजनित सब दोष शान्त होते हैं और अनेक प्रकारके सुखोंकी उपलब्धि होती है।

(१३) भौमव्रत (भविष्यपुराण)—मंगलवारके दिन सुवर्णमय भौमका ताम्रपात्रमें स्थापन करके पूजन करे। ताँबेके पात्रको गुड़से भरकर प्रत्येक मंगलवारको दान करता रहे और वर्षकी समाप्तिमें यथाविधि गोदान करे तो परम सुखकी प्राप्ति होती है।

(१४) भौमव्रत २ (पद्मपुराण)—मंगलवारके दिन प्रातःस्नानादि करके ताँबेके त्रिकोण पत्रमें केशर, चन्दन या लाल चन्दनसे मध्यमें भौमाकृतिका प्रतिबिम्ब बनाकर तीनों कोणोंमें आर, वक्र और भूमिज—ये तीनों नाम लिखे। फिर उनका लाल वर्णके गन्ध, पुष्प और लाल कमल आदिसे पूजन करे। रक्तधान्य (गेहूँ आदि)-के बने हुए पदार्थोंका नैवेद्य अर्पण करे और '**प्रसीद देवदेवेश विघ्नहर्तर्धनप्रद। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं मम शान्तिं प्रयच्छ हे॥**' से अर्घ्य देकर व्रत करे एवं '**मंगलो**[१] **भूमिपुत्रश्च**[२] **ऋणहर्ता**[३] **धनप्रदः**[४]**। स्थिरासनो**[५] **महाकायः**[६] **सर्वकामार्थसाधकः**[७]**॥ लोहितो**[८] **लोहिताक्षश्च**[९] **सामगानां**[१०] **कृपाकरः। धरात्मजः**[११] **कुजो**[१२] **भौमो**[१३] **भूमिजो**[१४] **भूमिनन्दनः**[१५] **॥ अंगारको**[१६] **यमश्चैव**[१७] **सर्वरोगापहारकः**[१८]**। वृष्टिकर्ताऽपहर्ता**[१९] **च**[२०] **सर्वकामफलप्रदः**[२१] **॥**'—इन २१ नामोंका पाठ करे तो सब प्रकारके ऋणसे उऋण होकर धनवान् होता है।

(१५) भौमव्रत ३ (पद्मपुराण)—मंगलवारके दिन लाल अक्षतोंके अष्टदलपर सुवर्णमय भौमकी मूर्ति स्थापित करके लाल रंगके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और '**भूमिपुत्रो महातेजाः**

कुमारो रक्तवस्त्रकः। गृहाणार्घ्यं मया दत्तमृणशान्तिं प्रयच्छ हे॥' से अर्घ्य दे तथा पूजनके स्थानमें चार बत्तियोंका दीपक जलावे। ब्राह्मणोंको भोजन कराकर उनको यथाशक्ति सुवर्णका दान करे और स्वयं किसी एक पदार्थका भोजन करके एकभुक्त व्रत करे तथा वायनमें लाल बैलका दान करे। इस प्रकार इक्कीस व्रत करके उद्यापन करनेसे सब प्रकारकी आपदाएँ नष्ट होकर सुख मिलता है और जीवनपर्यन्त पुत्र-पौत्र और धनादिसे युक्त रहकर अन्तमें सूर्यादिके लोकमें चला जाता है। (अधिकांश मनुष्य मंगलवारके दिन किसी भी समय और किसी भी पदार्थका भोजन करके इस व्रतको सम्पन्न करते हैं)।

(१६) बुधव्रत (भविष्योत्तर)—आरम्भके व्रतमें विशाखायुक्त बुधवारको प्रातःस्नानादि करके बुधकी सुवर्णमयी मूर्तिको कांस्यपात्रमें स्थापन करके सुगन्धयुक्त गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। दो सफेद वस्त्र धारण करावे। गुड़, दही और भातका नैवेद्य अर्पण करके उसी पदार्थका ब्राह्मणोंको भोजन करावे और '**बुध त्वं बुद्धिजनको बोधदः सर्वदा नृणाम्। तत्त्वावबोधं कुरुषे सोमपुत्र नमो नमः॥**' से बुधकी प्रार्थना करे। इस प्रकार सात व्रत करनेसे बुधजनित सम्पूर्ण दोष दूर होकर सुख-शान्ति मिलती है और बुद्धि बढ़ती है।

(१७) गुरुव्रत (भविष्यपुराण)—किसी महीनेके शुक्ल पक्षमें जिस दिन अनुराधा और गुरुवार हो उस दिन बृहस्पतिकी सुवर्णनिर्मित मूर्तिको सोनेके पात्रमें स्थापित करके पीतवर्णके गन्ध-पुष्प, पीताम्बर और अक्षतादिसे पूजन करे। छत्र, उपानह्, पादुका और कमण्डलु अर्पण करे। फिर पीतरंगके फल-पुष्प और यज्ञोपवीत ग्रहण करके '**धर्मशास्त्रार्थतत्त्वज्ञ ज्ञानविज्ञानपारग। विविधार्तिहराचिन्त्य देवाचार्य नमोऽस्तु ते॥**' से प्रार्थना करके

ब्राह्मणोंको पीली गौके घीमें बनाये हुए पीतधान्य (चने)-के पदार्थोंका भोजन करावे, सुवर्णकी दक्षिणा दे और फिर स्वयं भोजन करे। इस प्रकार सात व्रत करनेसे गुरुग्रहसे उत्पन्न होनेवाला अनिष्ट नष्ट होकर स्थायी सुख मिलता है।

(१८) शुक्रवारव्रत (भविष्योत्तरपुराण)—शुक्रवार और ज्येष्ठा नक्षत्रके योगमें सुवर्णनिर्मित शुक्रमूर्तिको चाँदी या काँसीके पात्रमें स्थापित करके सुश्वेत गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। दो सफेद वस्त्र धारण करावे और '**भार्गवो भृगुशिष्यो वा श्रुतिस्मृतिविशारदः। हत्वा ग्रहकृतान् दोषानायुरारोग्यदो भव॥**' से प्रार्थना करके नक्तव्रत (रात्रि-भोजन) करे। इस प्रकार सात शुक्रवारोंका व्रत करके शुक्रके नाममन्त्रसे हवन करे। ब्राह्मणोंको खीरका भोजन कराकर मूर्तिसहित पूजन-सामग्रीका दान करे और नक्तव्रत करके उसे समाप्त करे तो शुक्रजनित सम्पूर्ण व्याधियाँ शान्त होकर सब प्रकारका सुख मिलता है।

(१९) अनिष्टहर शनिव्रत (भविष्योत्तरपुराण)—शनिवारको लोहमयी शनिमूर्तिका कृष्ण वर्णके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करके व्रत करे तो चतुर्थाष्टमद्वादशस्थशनिजनित सकलारिष्टोंकी निवृत्ति और सुख-सम्पत्ति आदिकी प्रवृत्ति होती है।

(२०) सराहुकेतुशनिवारव्रत (मत्स्यपुराण, भविष्यपुराण)—इस व्रतके लिये लोह और शीशेकी शनि, राहु और केतुकी तीन मूर्तियाँ बनवावे[१]। उनमें कृष्ण[२] वर्ण, कृष्ण वस्त्र, दो भुजाओंमें

---

१. शनैश्चरं राहुकेतू लोहपात्रे व्यवस्थितान्।
कृष्णागुरुः स्मृतो धूपो दक्षिणा चात्मशक्तितः॥ (भविष्योत्तर)

२. कृष्णवासास्तथा कृष्णः शनिः कार्यः शिराततः।
दण्डाक्षमालासंयुक्तः करद्वितयभूषणः।
कार्ष्णायसे रथे कार्यस्तथैवाष्टमतुरंगमे॥ (भविष्योत्तर)

दण्ड और अक्षमाला, कृष्ण वर्णके आठ घोड़ोंवाले शीशेके रथमें बैठे हुए शनि; करालवदन[1], खंग, चर्म और शूलसे युक्त, नीले सिंहासनमें विराजमान, वरप्रद राहु और धूम्रवर्ण,[2] भुजदण्डोंमें गदादि आयुध, गृध्रासनपर विराजे हुए विकटानन और वरप्रद 'केतु' की मूर्ति हो। ऐसी न हो तो गोलाकार बनवावे। फिर उनको कृष्ण वर्णके अक्षतोंसे बनाये हुए चौबीस दलके कमलपर मध्यमें शनि, दक्षिण भागमें राहु और वाम भागमें केतुको स्थापित करे तथा कृष्ण वर्णके गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। रक्त चन्दनमें केशर मिलाकर 'कृष्ण गन्ध', अक्षतोंमें कज्जल मिलाकर 'कृष्ण अक्षत', काकमाची (कागलहर)-के 'कृष्ण पुष्प', कस्तूरी आदिका 'कृष्णरंग धूप' और तिलविशिष्ट पदार्थोंका 'कृष्ण नैवेद्य' सम्पन्न करके अर्पण करे एवं '**शनैश्चर नमस्तुभ्यं नमस्ते त्वथ राहवे।**' '**केतवेऽथ नमस्तुभ्यं सर्वशान्तिप्रदो भव॥**' से प्रार्थना करके व्रत करे। इस प्रकार सात शनिवारोंका व्रत करके शनिके निमित्त '**शन्नोदेवी०**' मन्त्रसे शमीकी समिधाओंमें, राहुके निमित्त '**कयानश्चि०**' मन्त्रसे दूर्वाकी समिधाओंमें और केतुके निमित्त '**केतुकृण्वन्न०**' मन्त्रसे कुशकी समिधाओंमें कृष्ण गौके घी और काले तिलोंकी प्रत्येककी १०८ आहुति देकर हवन करे। फिर यथाशक्ति ब्राह्मणभोजन कराकर व्रतका विसर्जन करे तो सब प्रकारके अरिष्ट, कष्ट या आधि-व्याधियोंका सर्वथा नाश होता है और अनेक प्रकारके सुखसाधन एवं पुत्र-पौत्रादिका सुख प्राप्त होता है।

---

१. करालवदनः खड्गचर्मशूली वरप्रदः।
नीलसिंहासनयुतो राहुरत्र प्रशस्यते॥ (मत्स्यपुराण)

२. धूम्राद्बाहवः सर्वे गदिनो विकटाननाः।
गृध्रासनगता नित्यं केतवः स्युर्वरप्रदाः॥ (मत्स्यपुराण)

(२१) शान्तिप्रद शनिव्रत (मदनरत्न)—श्रावणके महीनेमें श्रेष्ठ शनिवारके दिन लोहनिर्मित शनिको पंचामृतसे स्नान कराकर अनेक प्रकारके गन्ध, पुष्प, अष्टांग धूप, फल और उत्तम प्रकारके नैवेद्य आदि उपचारोंसे पूजन करे तथा '**कोणस्थः*** **पिंगलो॰**' आदि दस नामोंका उच्चारण करके पहले शनिवारको उड़दोंका भात और दही, दूसरेको केवल खीर, तीसरेको खजला और चौथेको घृतपक्व पूरियोंका नैवेद्य अर्पण करे और तिल, यव (जौ), उड़द, गुड़, लोह और नीले वस्त्रोंका दान करके व्रतका विसर्जन करे तो शनि, राहु और केतुकृत दोष दूर होते हैं।

(६) तिथि-वारादि पंचांगव्रत

(२२) तिथि-वार-नक्षत्रव्रत (कालोत्तरागम)—किसी भी महीनेमें १—चतुर्दशी, रविवार और रेवती हो या अष्टमी और मघा हो तो 'रविव्रत' करके अनेक प्रकारके गन्ध-पुष्पादिसे शिवजीका पूजन कर तिलोंका प्राशन करे तो पुत्रादिसहित आरोग्य रहे। २—अष्टमी, सोमवार और रोहिणी हो तो शिवपूजन करके घी-खीरका भोजन कर 'सोमव्रत' करे तो सम्पूर्ण कामोंमें सफलता मिले। ३—चतुर्दशी, मंगलवार और अश्विनी हो या मंगलवार और भरणी हो तो शिवजीका पंचोपचार पूजन करके रक्तोत्पल (लाल कमल)-का प्राशन कर 'भौमव्रत' करे तो साम्राज्य मिले। ४—चतुर्दशी, बुधवार और रोहिणी हो या बुधाष्टमी हो तो महाभिषेकसे शिव-पूजन करके घी-खीरका भोजन कर 'बुधव्रत' करे तो धन, पुत्र, दारा (स्त्री) और पशुओंकी वृद्धि हो। ५—चतुर्दशी, गुरुवार और रेवती हो

---

* कोणस्थः पिंगलो बभ्रुः कृष्णो रौद्रोऽन्तको यमः।
सौरिः शनैश्चरो मन्दः प्रीयतां मे ग्रहोत्तमः॥

या अष्टमी और पुष्य हो तो शिवका पूजन करके गोघृतके योगसे ब्राह्मी रसका प्राशन करे तो वागीशत्वकी प्राप्ति हो। ६—चतुर्दशी, भृगुवार और श्रवण हो या अष्टमी और पुनर्वसु हो तो शिवपूजन करके 'शुक्रव्रत' के निमित्त शहदका प्राशन करे तो महाफल मिले। ७—चतुर्दशी, शनिवारको भरणी या अष्टमी और आर्द्रा हो तो पूर्वोक्त प्रकारसे शिवपूजन करके 'शनिव्रत' के निमित्त सस्य (अन्न)-का भोजन करे तो सर्वोत्तम फलकी प्राप्ति हो। सूर्यादिमें जो अनिष्टकारी हों या जिनका व्रत अभीष्ट हो, उपर्युक्त प्रकारके योगमें उनका व्रत करे और सोना, चाँदी, मूँगा, मोती, शंख और लोह—इनको यथोचित प्रकारसे यथायोग्य धारण करे।

(२३) **नक्षत्रव्रत** (भविष्यपुराण)—लोकहित अथवा आत्मोद्धारके निमित्तसे अश्विनी आदि नक्षत्रोंका या तदधिष्ठातृ अश्विनीकुमारादि देवोंका व्रत करना हो तो १—अश्विनीमें अश्विनीकुमारोंका, २—भरणीमें यमका, ३—कृत्तिकामें अग्निका, ४—रोहिणीमें ब्रह्माका, ५—मृगशिरामें चन्द्रमाका, ६—आर्द्रामें शिवका, ७—पुनर्वसुमें अदिति (देवताओंकी माता)-का, ८—पुष्यमें बृहस्पतिका, ९—श्लेषामें सर्पका, १०—मघामें पितरोंका, ११—पूर्वाफाल्गुनीमें भगका, १२—उत्तराफाल्गुनीमें अर्यमाका, १३—हस्तमें सूर्यका, १४—चित्रामें त्वष्टा (इन्द्र)-का, १५—स्वातीमें वायुका, १६—विशाखामें इन्द्र और अग्निका, १७—अनुराधामें मित्रका, १८—ज्येष्ठामें इन्द्रका, १९—मूलमें राक्षसोंका, २०—पूर्वाषाढामें जलका, २१—उत्तराषाढामें विश्वेदेवोंका, २२—अभिजित्‌में ब्रह्माका, २३—श्रवणमें विष्णुका, २४—धनिष्ठामें वसुका, २५—शतभिषामें वरुणका, २६—पूर्वाभाद्रपदीमें अजैकपादका, २७—उत्तराभाद्रपदीमें अहिर्बुध्न्यका और २८—रेवतीमें पूषाका

उत्तम प्रकारके गन्ध, पुष्प, फल, भक्ष्य, भोज्य और दूध, दही आदिसे पूजन करे एवं एकभुक्त या नक्तव्रत करे तो धन, दारा, सुत, सम्मान, आरोग्यता और आयुवृद्धि आदि सुख प्राप्त होते हैं।

(२४) योगव्रत (हेमाद्रि)—तिथि, वार और नक्षत्रोंके साथ विष्कुम्भादिका सहयोग होनेसे विशेष प्रकारके शुभाशुभ प्राप्त होते हैं। उनकी शान्ति और उपलब्धिके लिये योगोंके व्रत और दान आवश्यक होते हैं। व्रतीको चाहिये कि अभीष्ट योगके दिन साक्षात् सूर्यका अथवा सुवर्णनिर्मित सूर्यमूर्तिका पंचोपचारसे पूजन करके व्रत करे और अभीष्ट योगके पदार्थोंका दान करे। पदार्थ ये हैं—विष्कुम्भमें घी, प्रीतिमें तैल, आयुष्मान्‌में फल, सौभाग्यमें गन्ने, शोभनमें जौ, अतिगण्डमें गेहूँ, सुकर्मामें चने, धृतिमें निष्पाव (हलवा), शूलमें शालि (चावल), गण्डमें लवण, वृद्धिमें दही, ध्रुवमें दूध, व्याघातमें वस्त्र, हर्षणमें सुवर्ण, वज्रमें कम्बल, सिद्धिमें गौ, व्यतीपातमें वृष, वरीयान्‌में क्षेत्र, परिघमें दो उपानह् (जूते), शिवमें कपूर, सिद्धमें कुंकुम, साध्यमें चन्दन, शुभमें पुष्प, शुक्लमें लोह, ब्रह्ममें ताँबा, ऐन्द्रमें काँसी और वैधृत्यमें चाँदी दे तो यथोचित फल होता है।

(२५) व्यतीपातव्रत (वाराहपुराण)—ऊपरके परिलेखमें इस योगका नाम आया है। ज्यौतिषशास्त्रके अनुसार सूर्य और चन्द्रमाके गणितसे व्यतीपातका आरम्भ और समाप्ति सूचित होते हैं। पुराणोंमें इसकी उत्पत्ति सूर्य और चन्द्रमाके क्रोधपातसे प्रकट की गयी है। लिखा है कि एक बार सूर्यनारायणने चन्द्रमाको गुरुपत्नी (तारा)-के त्यागकी आज्ञा दी, उसको शशिने स्वीकार नहीं किया, इस कारण दोनोंके परस्पर क्रोध बढ़ गया और उसके संतप्त अश्रु पृथ्वीपर गिर गये। उनसे व्यतीपात उत्पन्न

हुआ। यही कारण है कि क्रोधपातसे उत्पन्न होनेके कारण विवाहादि शुभ कामोंमें इसका त्याग किया गया है और लोकोपकार एवं आत्मोद्धारके दान-पुण्य और व्रतादिमें इसका ग्रहण किया गया है। व्रतीको चाहिये कि किसी शुभ दिनके व्यतीपातको प्रातःस्नानादिसे निवृत्त होकर '**मम करिष्यमाणोपवास-जनितानन्तफलप्राप्तिकामनया सवितृप्रीतये व्यतीपातव्रतं करिष्ये।**'—यह संकल्प करके सुवर्णके सूर्य और चन्द्रमाको शक्करसे भरे हुए कलशके शीर्षस्थानीय पूर्णपात्रमें स्थापित करे और आवाहनादि उपचारोंसे पूजन करके उपवास करे। दूसरे दिन पारण करके प्रथमावृत्ति समाप्त करे। इस प्रकार बारह महीनेतक प्रत्येक व्यतीपातका व्रत करके तेरहवीं आवृत्तिके दिन उद्यापन करे। उसमें सर्वतोभद्र-मण्डलपर सुवर्णमय विष्णुका पूजन, तिलादिका हवन, गौ, शय्या, सुवर्ण, अन्न, धन, आभूषण और यथोचित वस्त्र आदिका दान करके खीर आदि पदार्थोंसे ब्राह्मणोंको भोजन कराकर और यथासामर्थ्य दक्षिणा देकर व्रतको समाप्त करे एवं बन्धुवर्गादिको साथ लेकर भोजन करे तो गंगादि तीर्थों, कुरुक्षेत्रादि सुक्षेत्रों और अयोध्या आदि पुरियोंमें ग्रहण, संक्रान्ति, मलमास और पंचांगजनित सुयोगोंके समय दान, जप और व्रतादि करनेसे जो फल होता है उससे अनेक गुना अधिक फल व्यतीपातके व्रतादिसे होता है। इसकी कथाका सार यह है कि प्राचीन कालमें हर्यश्व राजाने बहुत दिनोंतक उक्त व्रत किया था। एक बार उसने शिकारके प्रयोजनसे गहन वनमें जाकर जले हुए अंगवाले एक शूकरसे पूछा कि 'तुम्हारी यह दशा कैसे हुई?' तब उसने कहा कि पूर्व जन्ममें मैं पुराणादि धर्मशास्त्रोंको सुनानेवाला महाधनी वैश्य था। परंतु किसीको कुछ देता न था। ऐसी अवस्थामें एक आशार्थी ब्राह्मणने मुझसे याचना की तो मैंने

उसे कुछ भी नहीं दिया, तब उसने कहा कि तुमने मेरी आशाओंको जलाया है, इस कारण आगे तुम्हारे भी ये अंग जल जायँगे। इसी कारण मेरी यह दशा हुई है। अब यदि आप अपने किये हुए व्यतीपातके व्रतोंका फल मुझे दे दें तो मैं अपनी पूर्व अवस्थाको प्राप्त हो सकता हूँ। तब राजाने वैसा ही किया और शूकर यथापूर्व होकर सुख भोगने लगा।

(२६) करणव्रत (हेमाद्रि)—माघ शुक्लमें बवकरण हो, उस दिन उपवास करके ताँबेके पात्रमें तण्डुल भरकर उनपर कलश स्थापन करे और उसके पूर्णपात्रमें सुवर्णकी बनी हुई अच्युतभगवान्‌की मूर्ति रखकर उसका गन्धादि उपचारोंसे पूजन करके अष्टाक्षर (**ॐ नमो नारायणाय**) मन्त्रका जप करे। इस प्रकार छः बार करके सातवेंमें उद्यापन करे। उसमें सात ब्राह्मणोंको भोजन कराकर दक्षिणा दे और इसी प्रकार बालव आदि शेष करणोंके व्रत भी करे तो यज्ञसम फल होता है।

(२७) भद्राव्रत (भविष्योत्तर)—बवादि करणोंमें ग्यारहवाँ करण भद्रा है। इसमें प्रायः सभी प्रकारके मंगल और महोत्सवादि न तो आरम्भ होते हैं और न समाप्त। यदि प्रमादवश किये जायँ तो उनमें बड़े विघ्न होते हैं और वे दुःखदायी बन जाते हैं। पुराणोंमें भद्राको मार्तण्ड (सूर्य)-की पुत्री और शनिकी बहिन नियत की है और सब प्रकारके मांगलिक या अभ्युदयकारी कामोंमें इसकी उपस्थिति निषिद्ध बतलायी है। विशेषता यह है कि इसके निमित्तसे जो कुछ व्रत-दान या जपादि किये जायँ उनका उत्तम फल होता है। व्रतीको चाहिये कि जिस दिन उदयकी भद्रा हो उस दिन नदी, तालाब या गृहमध्यमें सर्वौषधिके जलसे स्नान करके देवताओंका पूजन और पितरोंका श्राद्ध (मातृका-पूजन और आभ्युदयिक श्राद्ध) करे। तत्पश्चात् भीगी

हुई कुशा (डाभ)-की त्रिकोण (या तीन ग्रन्थि) युक्त भद्रा बनाकर उसको अक्षतोंके अष्टदलपर विराजमान कर ऋतुकालके गन्ध, पुष्प, फल, धूप, दीप और तिलप्रयुक्त खीरके नैवेद्य आदिसे पूजन करके '**छायासूर्यसुते देवि विष्टे इष्टार्थनाशिनि। पूजितासि मया शक्त्या भद्रे भद्रप्रदा भव॥**' से प्रार्थना करे। फिर घी, तिल और शर्करासे '**ॐ भद्रं कर्णेभिः**' या '**ॐ भद्राय नमः**'—इन मन्त्रोंकी १०८ आहुति देकर ब्राह्मणोंको तिल और खीरका भोजन कराकर दक्षिणा दे और स्वयं तेल और खिचड़ीका एकभुक्त भोजन करे। इस प्रकार सात या दस बार क्रमशः करके उद्यापन करे तो व्रतीको भूत-प्रेत-पिशाचादिसे कोई भय नहीं हो और न अन्य प्रकारकी रोग-पीड़ा या भय-चिन्ता आदिकी बाधा हो।

(२८) विष्टिव्रत (भविष्योत्तर)—मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थीको प्रातःस्नानादिके अनन्तर '**भद्रे भद्राय भद्रं हि करिष्ये व्रतमेव ते। निर्विघ्नं कुरु मे देवि कार्यसिद्धिं च भावय॥**'—यह संकल्प करके विद्वान् ब्राह्मणका पूजन करे। साथ ही लौह, पाषाण या काष्ठकी भद्रा बनवाकर उसे अष्टदलके आसनपर प्रतिष्ठित करे और पूर्वोक्त प्रकारसे पूजन, हवन, ब्राह्मणभोजन तथा दान आदि करके व्रत करे। इस प्रकार वर्षपर्यन्त करनेके पश्चात् उद्यापन करके विसर्जन करे। उस अवसरमें '**अज्ञानादथ वा दर्पात् त्वामुल्लङ्घ्यं कृतं हि यत्। तत् क्षमस्वाशुभं मातर्दीनस्य शरणार्थिनः॥**' से प्रार्थना करके ब्राह्मणके किये हुए अभिषेकसे अभिषिक्त हो तो सब प्रकारकी व्याधियाँ नष्ट हो जाती हैं एवं उत्तम प्रकारके सुख और उनके साधन उपस्थित रहते हैं। इस व्रतको वृत्रासुरको मारनेके लिये इन्द्रने, त्रिपुरासुरको मारनेके लिये शिवने, विमानके लिये वरुणने और पांचजन्य

(शंख)-के लिये विष्णुने किया था। इससे उनके सम्पूर्ण मनोरथ सिद्ध हुए थे।

(७) प्रकीर्णव्रत

(२९) मौनव्रत (शिवधर्म)—इसके निमित्त चन्दनकी शिवमूर्ति (अण्डाकार शिवलिंग) बनवावे। उसका गोमय, गोमूत्र, गोदुग्ध, गोदधि, गोघृत और गोलोचन नामकी औषधके जलसे प्रोक्षण करे। फिर शिव-मन्दिरके शान्तिकारी एकान्तस्थानमें शुभासनपर बैठकर सुगन्धयुक्त गन्ध, पुष्प, गोरोचन, धूप, दीप, नैवेद्य और नीराजनादिसे पूजन करके हाथ, पैर और मस्तकको भूमिमें लगाकर प्रणाम करे। यदि सामर्थ्य हो तो मन्दिरके मध्य भागमें शिवजीके आगे सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, काँसी और लौह—इनमेंसे किसी भी धातुका या सबके यथोचित योगका विजयघंट बनवाकर लगावे। तत्पश्चात् ब्राह्मणोंको घी, सज्जी और मण्डक (रोटीविशेष)-का भोजन करवाकर दक्षिणा दे और चन्दनकी उक्त मूर्तिको ताम्रपात्रमें स्थापित कर मस्तकपर धारण करके घर आवे और वहाँ उसको मध्यस्थ देवके दक्षिण भागमें प्रतिष्ठित करके गन्ध-पुष्पादिसे पुनः पूजन करे। इसके बाद काम-क्रोधादिका त्याग करके स्थिरासनसे उपविष्ट होकर (भलीभाँति बैठकर) 'मौनव्रत' धारण करे। उस अवस्थामें किसी प्रकारके शब्द-संकेत या बातचीतको सुनकर 'हाँ-हाँ, हूँ-हूँ'-जैसे (स्वीकृति और निषेधके) अक्षरोंका उच्चारण भी न होने दे। ऐसा हो जाय मानो नेत्रोंसे कोई भी दृश्य दीखता नहीं (या देखना नहीं) और कानोंसे कोई शब्द सुनता नहीं (या सुनना नहीं)। इस प्रकार बारह, छः, तीन या एक महीने अथवा इससे भी कम पंद्रह, बारह, छः, तीन या एक दिन—जैसी सामर्थ्य और अवकाश हो, वैसा ही व्रत करे तो सब प्रकारके अभिलषित अर्थ स्वतः सिद्ध

हो जाते हैं और शरीरकी बाह्य तथा आभ्यन्तरिक दोनों परिस्थितियाँ महत्त्वसम्पन्न बन जाती हैं। ऋषि-मुनियोंने इसी मौनव्रतके प्रभावसे शास्त्ररचनाके द्वारा संसारका महान् उपकार किया था और अमिट तपोधनका अमित संचय करके स्वर्गमें गये थे।

(३०) शत्रुनाशकव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—जिस दिन भरणी या कृत्तिका हो, उस दिन श्वेत रंगके गन्धयुक्त गन्ध-पुष्पादिसे वासुदेवका पूजन करके सर्षपका हवन करे और ब्राह्मणोंको भोजन, वस्त्र और आयुध देकर व्रत करे तो मनुष्य विजयी होता है।

(३१) लक्षपूजाव्रत (ब्रह्माण्डपुराण)—किसी महीनेकी कृष्ण चतुर्दशीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् रात्रिके आरम्भमें पुनः स्नान करके यथोचित[१] गुणोंसे युक्त और वर्जित[२] दोषोंसे विमुक्त विद्वान्‌का वरण कर स्त्री और पुत्रसहित पूजाका आरम्भ करे। उसके लिये मालती, केतकी, चमेली, टेसू (पलास-कुसुम), पाटल (गुलाब) और कदम्ब आदिके जितने पुष्प मिल सकें लाकर सुविधाके स्थानमें रख दे तथा विविध प्रकारके अन्न और अखण्डित अक्षत (चावल) लेकर साम्ब शिवका विधिवत् पूजन करे एवं '**ॐ नमः शिवाय**' के उच्चारणके साथ एक-एक पुष्प उनके अर्पण करे। उनमें दस-दस हजारकी दस आवृत्तियाँ करके प्रत्येक आवृत्तिके पश्चात् स्वर्ण-पुष्प अर्पण करे। इस प्रकार एक

---

१. धर्मज्ञं दोषरहितं संतुष्टं परिपूज्य च।
आचार्यं वरयेत् प्राज्ञः सुस्नातो भूषितो व्रती॥ (ईश्वर)

२. ह्रस्वं च वृषलं दीनमतिदीर्घजटं तथा।
देवतानभिसक्तं च बधिरं.........॥
वेदहीनं दुराचारं मलिनं बहुभाषिणम्।
निन्दकं पिशुनं दुष्टमन्धकं च विवर्जयेत्॥ (ईश्वर)

ही दिनमें या दो दिनमें अथवा तीन दिनमें या जिस प्रकार पुष्प प्राप्त हों, उतने दिनमें लक्ष पुष्प अर्पण करके समाप्तिमें सुवर्णका १ बिल्वपत्र शिवके और सोनेका एक पुष्प शिवाके अर्पण करे। इसके पीछे '**विरूपाक्ष महेशान विश्वरूप महेश्वर। मया कृतां लक्षपूजां गृहीत्वा वरदो भव॥**' से प्रार्थना करके '**मृत्युंजयाय यज्ञाय देवदेवाय शम्भवे। आश्विनेशाय शर्वाय महादेवाय ते नमः॥**' से नमस्कार करे। इसके करनेसे गोहत्या, ब्रह्महत्या, गुरु-स्त्रीगमन, मद्यपान और परधनका अपहरण आदि पापोंका नाश होता है और मनुष्य सब प्रकारसे सुखी रहता है। इसके उद्यापनमें यह विशेषता है कि हवनमें विष्णुसहस्रनामसे आहुति दे और दशांश हवन करके पूजनको समाप्त करे।

(३२) लक्षतुलसीदलार्पणव्रत (भविष्यपुराण)—कार्तिक या माघमें भगवान्‌के तुलसीदल अर्पण करे और माघ या वैशाखमें (अथवा कार्तिकका माघमें और माघका वैशाखमें) उद्यापन करे। पत्रार्पणकी क्रिया यह है कि वृन्दा (तुलसी)-के वनमें जाकर तुलसीके उत्तम और समान आकारके एक हजार पत्र लाये। उनमें गन्धसे विष्णुका नाम लिखे, पीछे शालग्रामजीका तथा नामांकित तुलसीपत्रोंका गन्धाक्षतसे पूजन करे। उस समय स्नान कराकर गन्ध और अक्षत अर्पण करे और पुष्पार्पणके पहले विष्णुसहस्रनामके एक-एक नामसे एक-एक तुलसीपत्र भगवान्‌के अर्पण करे। इस प्रकार सौ दिनमें लक्षदल अर्पण करके यथाविधि हवन आदि करे तो इससे सम्पूर्ण प्रकारके पाप नष्ट हो जाते हैं।

(३३) लक्षप्रणामव्रत (वसिष्ठाम्बरीषसंवाद)—आषाढ़ शुक्ल एकादशीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् भगवान्‌का विधिवत् पूजन करे और विनयावनत होकर भगवान्‌के नामस्मरणसहित एक-

एक करके जितने बन सकें प्रणाम करे और एकभुक्त व्रत करके अतिथि आदिका सत्कार करे। इस प्रकार चार महीनेमें एक लाख नमस्कार पूर्ण करके कार्तिक शुक्ल पूर्णिमाको उद्यापन करे तो अभक्ष्यभक्षण, अगम्यागमन, अदृश्य-दर्शन, अपेयपान और अनृत-भाषण आदिसे उत्पन्न होनेवाले सम्पूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं और पुण्यका उदय होता है।

(३४) लक्षप्रदक्षिणाव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—आषाढ़ शुक्ल एकादशीसे कार्तिक शुक्ल एकादशीपर्यन्त प्रतिदिन प्रातःस्नानादिके पश्चात् वेदमन्त्रों (पुरुषसूक्तके मन्त्रों)-से पूजन करके '**कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने**' या '**केशवाय नमः**' आदि किसी नामके उच्चारणसे भगवान्‌की प्रदक्षिणा करे। इस प्रकार यथाक्रम एक लक्ष पूर्ण होनेके पश्चात् उद्यापन, ब्राह्मण-भोजन और विसर्जन करे तो पूर्वजन्म, वर्तमानजन्म और पुनर्जन्म (इन तीन जन्मों)-के पाप दूर हो जाते हैं और सुख-शान्तिके साथ सानन्द जीवन व्यतीत होता है।

(३५) लक्षवर्तिप्रदानव्रत (भविष्यपुराण)—जिस समय श्रद्धा, सुविधा और अवकाश हो उस समय कपासकी एक लाख बत्तियाँ बनाकर तैलपूर्ण दीपकोंमें (एक-एक) रखे और उनका पंक्तिरूपमें प्रज्वालन करके शिव, केशव या हनूमान् आदि किसी भी अभीष्ट देवके मन्दिरमें सुचारुरूपसे स्थापित करके नक्तव्रत करे। इस प्रकार एक, तीन या पाँच आवृत्तियोंमें लक्ष दीपदान पूर्ण करके उद्यापन करे। इससे देवलोककी प्राप्ति होती है।

(३६) लक्षवर्तिदानव्रत (वायुपुराण)—किसी भी शुभ दिनमें कपासकी एक लाख बत्तियाँ बनाकर उनको घृत-प्लावित करे। (भलीभाँति भिगोये) और उनमेंसे शत, सहस्र या अयुत (जैसी सुविधा और अनुकूलता हो) मन्दिरमें देकर एक लाख

पूर्ण करे तो बड़ा पुण्य होता है, सब प्रकारके उपद्रव शान्त हो जाते हैं और देवलोककी प्राप्ति होती है।

(३७) **गोपद्मव्रत** (भविष्यपुराण)—आषाढ़ शुक्ल एकादशीको प्रातःस्नानादिके पश्चात् गौके निवासस्थानको गोबरसे लीपकर उसमें ३३ पद्म (कमल) स्थापन करके उनका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और ३३ अपूप (पूए) भोग लगाकर उतने ही अर्घ्य, प्रदक्षिणा और प्रणाम अर्पण कर व्रत करे। इस प्रकार कार्तिक शुक्ल एकादशीपर्यन्त प्रतिदिन करनेके पश्चात् द्वादशीको पहले वर्षमें पूए, दूसरेमें खीर और पूए, तीसरेमें मँडके, चौथेमें गुड़ और मँडके और पाँचवेंमें घृतपाचित (घीमें पकाये हुए) मण्डकोंसे पारण करके उद्यापन करे तो जीवनपर्यन्त सुख-सम्पत्तिसे युक्त रहता है और परलोकमें स्वर्गीय सुख प्राप्त होते हैं।

(३८) **धारणपारणव्रत** (भविष्योत्तर)—देवशयनीसे देवप्रबोधिनी-पर्यन्त (चातुर्मास्यके महीनोंमें) प्रतिदिन प्रातःस्नानादिके पश्चात् भगवान्‌का स्तवन, पूजन या स्मरण करके '**ॐ नमो नारायणाय**' अथवा '**ॐ नमो भगवते वासुदेवाय**' का मानसिक जप करे और धारणके दिन (जितक्रोधादि होकर) उपवास करे और पारणके दिन एकभुक्त भोजन करे। इस प्रकार कार्तिकी पूर्णिमा-पर्यन्त करके उद्यापन करे तो ब्रह्महत्या-जैसे महापाप भी नष्ट हो जाते हैं।

(३९) **अश्वत्थोपनयनव्रत** (शौनक)—वृक्षारोपणके शुभ दिवसमें पुरुष जातिके पीपलका रोपण करे। उसको आठ वर्षपर्यन्त जल आदि पोषणोंसे दीर्घजीवी बनावे। फिर ज्यौतिषशास्त्रोक्त उत्तम मुहूर्तमें अश्वत्थका उपनयन (यज्ञोपवीत-संस्कार) करे। उसके लिये वेदपाठी ब्राह्मणोंका वरण करके गणपतिपूजन,

मातृकापूजन, नान्दीश्राद्ध और पुण्याहवाचन करके गायन, वादन तथा नृत्यके साथ-साथ स्त्रीसमाज और बन्धु-बान्धवोंसहित अभीष्ट पीपलके ईशान कोणमें बैठकर पुण्याहवाचन करे। पीपलको पंचामृत (दूध, दही, घी, खाँड और शहद)-से स्नान कराये। धोती और अँगोछा धारण कराये। उसके पीछे मूँजकी मेखलासे अश्वत्थको तीन बार लपेटे और '**यज्ञोपवीतं०**' से यज्ञोपवीत धारण कराकर दण्ड और कृष्णाजिन उसके समीप रखे। फिर उससे पश्चिममें उपस्थित होकर गन्ध-पुष्पादिसे उसका पूजन करे और उससे पूर्वमें अपनी पद्धतिके विधानसे हवन करे। इसमें '**इन्द्राय**', '**अग्नये**', '**सोमाय**', '**प्रजापतये**' आदिके अनन्तर '**अश्वत्थेवो०**', '**ॐ या ओषधी०**'और '**वनस्पतये०**'—इन मन्त्रोंसे तीन-तीन आहुतियाँ और दे। फिर अश्वत्थसे पश्चिममें पूर्वाभिमुख बैठकर दाहिने हाथसे अश्वत्थको स्पर्श करके उसको तीन बार गायत्रीमन्त्र श्रवण करावे। पीछे हवनको समाप्त कर सवत्सा गौ, अन्न और पूजन-सामग्री आदिका दान करे एवं ब्राह्मणोंको भोजन कराकर स्वयं भोजन करे तो लक्ष्मीकी प्राप्ति और कुलका उद्धार होता है।

(४०) अश्वत्थप्रदक्षिणाव्रत (अद्‌भुतसागर)—किसी शुभ दिनमें प्रातःस्नानादि करनेके पश्चात् '**ममाखिलपापक्षयपूर्वकमायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं विष्णुस्वरूपमश्वत्थतरुममुकसंख्याकाभिः प्रदक्षिणाभिः सेविष्ये।**'—यह संकल्प करके अश्वत्थके समीप विष्णुकी मूर्ति स्थापित करके दोनोंका षोडशोपचार पूजन करे। दो वस्त्र (धोती और दुपट्टा) ओढ़ावे। ब्रह्मचर्यका पालन करे। काम, क्रोध, मद, मोह, मत्सरता, बहुभोजन और मन्दोत्साह न होने दे। दान, मान और उपस्करसहित ब्राह्मणोंको भोजन करावे। फिर '**अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां राजा ब्राह्मणवर्णकः। अश्वत्थः पूजितो**

येन सर्वं सम्पूजितं भवेत्॥' से प्रार्थना करके '**यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च। तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिणपदे पदे॥**' से चार प्रदक्षिणा करके मौन धारण करे। फिर यथाक्रम लक्षपरिक्रमा आरम्भ करे। उनमें यह ध्यान अवश्य रखे कि पहले दिन जितनी बन सकें उतनी ही प्रतिदिन करे और आगे यथाक्रम एक-दो-तीन-चार-पाँच लाख या अधिक गौरवका कार्य हो तो बारह लाख परिक्रमा करके तदंगीभूत ब्राह्मण-भोजनादि कराये तो इस व्रतसे श्वास, काश, उदरशूल, मूत्रकृच्छ्र, प्रमेह, कोढ़, अग्निमान्द्य और राजयक्ष्मा या सर्वज्वर-जैसे घातक रोग, प्रत्येक प्रकारके महापाप और राजभयादि-जैसे अरिष्ट, कष्ट या संकट आदिका निवारण होकर सब प्रकारके सुख और उनके साधन प्राप्त होते हैं।

(४१) द्वादशमासव्रत (श्रुति-स्मृति-पुराणादि)—यह व्रत प्रत्येक महीनेमें यथाविधि स्नान, दान, देवार्चन और ब्राह्मण-भोजनादि करनेसे सम्पन्न होता है। विधि यह है कि १—चैत्रमें[1] एक ही प्रमाणका एकभुक्त व्रत करे तो सुवर्ण और मुक्ताफल आदिसे युक्त कुलमें जन्म होता है। २—वैशाखमें[2] गन्ध-पुष्पका दान करे तो आरोग्यता बढ़ती है। ३—ज्येष्ठमें[3] जलपूर्ण कुम्भ, सवत्सा गौ, पंखा और चन्दन दे तो सौभाग्यशाली होता है। ४—आषाढ़में[4] एकभुक्त भोजन, ब्रह्मचर्यका पालन और भगवान्‌का

---

१. चैत्रं तु नियतो मासमेकभक्तेन यः क्षिपेत्।
सुवर्णमणिमुक्ताढ्ये कुले महति जायते॥ (भारत)

२. गन्धमाल्यानि च तथा वैशाखे सुरभीणि च।
देयानि.................... ॥ (वामन)

३. उदकुम्भाम्बु धेनुश्च तालवृन्तं च चन्दनम्।
त्रिविक्रमस्य प्रीत्यर्थं दातव्यं ज्येष्ठमासि च॥ (वामन)

४. आषाढमेकभक्तेन स्थित्वा मासमतन्द्रितः।
बहुधान्यो बहुधनो बहुपुत्रश्च जायते॥

स्मरण रखे तो धन-धान्य और पुत्रादिका सुख मिलता है। ५—श्रावणमें[१] घी-दूधसे भरे घड़े, पूरी और फल दे तो श्रीधरकी प्रसन्नता प्राप्त होती है। ६—भाद्रपदमें[२] मधु और घी मिली हुई खीर और नमक तथा गुड़-ओदनका दान करे तो हृषीकेशभगवान्‌का अनुग्रह प्राप्त होता है। ७—आश्विनमें[३] अश्विनीकुमारोंकी प्रसन्नताके अर्थ घीका दान देनेसे रूप और सौभाग्य बढ़ता है। ८—कार्तिकमें[४] चाँदी, सोना, दीप, मणि, मोती और वस्त्रादिका दान करे तो दामोदरभगवान्‌की प्रसन्नता होती है। ९—मार्गशीर्षमें[५] एक महीनेतक एकभुक्त व्रत करके ब्राह्मणोंको भोजन कराये तो व्याधि-पीड़ा और पाप दूर होते हैं। १०—पौषमें[६] ब्राह्मणोंको घृतविशिष्ट भोजन कराये, घीका दान दे और मास समाप्त होनेपर घी, सोना और पात्र सत्पात्रको देकर तीन दिनका उपवास करे तो उत्तम फल प्राप्त होता है। ११—माघमें[७] तिल-धेनुका दान करे और गरीबोंकी शीतबाधा मिटानेके लिये ईंधन और धनका दान करे तो धनी होता है और

१. घृतं च क्षीरकुम्भांश्च घृतपक्वफलानि च।
श्रावणे श्रीधरप्रीत्यै दातव्यानि दिने दिने॥ (वामनपुराण)

२. मासि भाद्रपदे दद्यात् पायसं मधुसर्पिषा।
हृषीकेशप्रीणनार्थं लवणं सगुडोदनम्॥ (वामन)

३. घृतमाश्वयुजे मासि नित्यं दद्याद् द्विजातये।
प्रीणयित्वाश्विनौ देवौ रूपभागभिजायते॥ (यम)

४. रजतं कांचनं दीपान् मणिमुक्ताफलादिकम्।
दामोदरस्य प्रीत्यर्थं प्रदद्यात् कार्तिके नरः॥ (वामन)

५. मार्गशीर्षे तु यो मासमेकभक्तेन यः क्षिपेत्।
भोजयेत्तु द्विजान् भक्त्या मुच्यते व्याधिकिल्बिषैः॥ (महाभारत)

६. घृतं द्विजेभ्यो दद्याच्च घृतमेव निवेदयेत्।
पौषे………… ॥ (वामन)

७. माघे मासि तिलाः शस्ताः कामधेनुश्च दानतः।
इध्मं धनादयश्चान्ये माधवप्रीणनाय तु॥

१२—फाल्गुनमें * गौ, वस्त्र, चावल और कृष्णाजिन (काले मृगका चर्म) दान करके व्रत करे तो गोविन्दभगवान् प्रसन्न होते हैं।

इतिहास-पुराणों, धर्मशास्त्रों, निबन्ध-ग्रन्थों तथा व्रतराज, व्रतार्क एवं जयसिंहकल्पद्रुम आदिमें कुछ ऐसे व्रतोंके भी अनुष्ठानका उपदेश किया गया है, जो तत्तत्कामनाओंके अनुसार विशेष अवसरोंपर विशेष प्रकारसे किये जाते हैं। यथा—जन्मलग्न आदिसे ज्ञात हुए वैधव्ययोग आदिके परिहारके लिये 'सावित्री' और 'अश्वत्थ' व्रत, शरीरसम्भूत शुभ लक्षणोंकी सफलताके लिये 'सौभाग्यलक्ष्मी' और 'श्री' व्रत तथा पातक, उपपातक एवं महापातक आदिकी निवृत्तिके लिये 'प्राजापत्य' और 'चान्द्रायण' व्रत आदि। अब आगे ऐसे ही व्रतोंका उल्लेख किया जायगा तथा साथमें उनके लक्षण, विधान एवं व्यवस्था आदि भी लिखे जायँगे। इसके सिवा पाप या कुयोग-निवारणके विधान पढ़ते समय बहुतोंको कृच्छ्रातिकृच्छ्र आदिके भेद और बहुविधपापोंके नाम तथा लक्षण जाननेकी आवश्यकता होती है। अतः इस संख्यामें प्रसंगानुसार उनका भी उल्लेख कर दिया है। सम्भव है इससे सनातनी जनताको संतोष होगा। अस्तु,

(१) **सम्पत्तिप्रद श्रीव्रत** (सौभाग्यलक्ष्मीसंग्रह)—यह व्रत एक-एक कलावृद्धिसे सोलह वर्षोंमें पूर्ण होता है। व्रतीको चाहिये कि आरम्भके शुभ दिनमें प्रातःस्नान आदिसे निवृत्त होकर '**ममाखिलपापक्षयपूर्वकमचलसम्पत्तिप्राप्तिकामनया श्रीव्रतमहं करिष्ये**' यह संकल्प करके सोने, चाँदी या ताँबेके पात्रमें दाड़िमकी लेखनी और केसर-चन्दनसे 'श्री' लिखे और उसका १ ईश्वरी, २ कमला, ३ लक्ष्मी, ४ चला, ५ भूति,

---

* फाल्गुने व्रीहयो गावो वस्त्रं कृष्णाजिनान्वितम्।
गोविन्दप्रीणनार्थाय दातव्यं पुरुषर्षभैः॥ (वामनपुराण)

६ हरिप्रिया, ७ पद्मा, ८ पद्मालया, ९ सम्पद्, १० उच्चैः, ११ श्री और १२ पद्म-धारिणी[1]—नामोंसे पूजन करके 'श्रीं' मन्त्रके पाँच या दस हजार जप करे। इस प्रकार प्रतिदिन वर्षपर्यन्त करनेसे एक कला सम्पन्न होती है। यदि वह सोलह वर्षतक किया जाय तो सोलह कलाएँ पूर्ण हो जाती हैं और उसका अमित फल होता है। स्मरण रहे कि जप करते समय सुपूजित 'श्रीं' को हृदयंगम रखकर या उसपर दृष्टि स्थिर करके जप करनेसे अचल श्री प्राप्त होती है।

(२) **सुतप्रद धर्ममूलव्रत** (शुकजातक)—जन्मलग्न आदिमें बृहस्पतिसे[2] पाँचवें घरका स्वामी त्रिक (६, ८, १२) में हों और पंचम, सप्तम तथा नवमका स्वामी छठे, आठवें और बारहवेंमें हों तो पुत्र-प्राप्तिमें बाधा होती है। अतः उसकी प्राप्तिके निमित्त धर्ममूलक[3] उपाय करने चाहिये। यथा (१) शुक्लपक्षकी सप्तमी, रविवारको प्रातःस्नान आदिके बाद '**सत्पुत्रप्राप्तिकामनया सूर्यसप्तमीव्रतमहं करिष्ये**'—यह संकल्प करके सूर्यकी सुवर्णमयी मूर्तिका या आकाशस्थ साक्षात् सूर्यका गन्ध, पुष्प आदिसे पूजन कर अलवण एकभुक्त व्रत करे और वर्षपर्यन्त करके उसकी समाप्ति करे। (२) शिवजीके समीप शुभासनपर पूर्वाभिमुख बैठकर उनका विधिवत् पूजन करे और पंचाक्षरी शिवमन्त्र (**ॐ नमः शिवाय**)-का एक लाख या दस हजार जप व्रतपूर्वक नौ मासपर्यन्त करे। (३) प्रारम्भमें शुक्लपक्षकी दशमी गुरुवारको प्रातःस्नान आदि नित्यकर्मसे निवृत्त होकर '**मम सकलपापताप-**

---

१. द्वादशैतानि नामानि लक्ष्मीं सम्पूज्य यः पठेत्।
स्थिरा लक्ष्मीर्भवेत् तस्य पुत्रदारादिभिः सह॥ (सौभाग्यलक्ष्मी)

२. वागीशात् पंचमेशस्त्रिकभवनगतः पुत्रधर्मांगनाथा रन्ध्रेद्वेष्यन्तिमस्थाः।

३. तत्प्राप्तिर्धर्ममूला। (शुकसूत्र)

क्षयपूर्वकं सत्पुत्रप्राप्तिकामनया 'देवकीसुत गोविन्द०' इति संतानगोपालमन्त्रस्य जपं स्तोत्रपाठं वाहं करिष्ये।' यह संकल्प करके न्यासादिपूर्वक '**ॐ देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः॥**' इस मन्त्रका प्रतिदिन एक या पाँच हजार जप करे और ब्रह्मचर्य-धारणपूर्वक परिमित हविष्यान्नका एकभुक्त भोजन करे। इस प्रकार प्रतिदिन एक हजारके हिसाबसे सौ दिन अथवा पाँच हजार प्रतिदिनके हिसाबसे बीस दिनमें एक लाख जप अथवा सौ दिनमें ग्यारह सौ स्तोत्रपाठ करके समाप्तिके समय तद्दशांशका हवन, तर्पण-मार्जन करे और ब्राह्मण-भोजन करावे। तथा (४) अपने मकानके आँगनमें मण्डप बनवाकर उसको ध्वजा-पताका और बन्दनवार आदिसे भूषित करके किसी पुराणपाठी सत्पात्र विद्वान्से हरिवंशपुराणका श्रद्धापूर्वक श्रवण करे और समाप्तिके दिन हवन, पूजन और ब्राह्मण-भोजन आदि कराके उसे समाप्त करे। इस प्रकार इन चारों प्रयोगोंको एक साथ या यथाक्रम पृथक्-पृथक् अथवा इनमेंसे किसी भी एकको करे तो उससे प्रभावशाली पुत्र प्राप्त होता है।

(३) मेधावर्द्धक ग्रहणव्रत (प्रयोगवैभव)—दिनके पूर्वभागमें होनेवाले ग्रहणके पहले दिन प्रातःस्नान आदि करनेके अनन्तर सद्वैद्यकी सम्मतिके अनुसार ब्राह्मीका सेवन करके व्रत करे। उसके दूसरे दिन ग्रहणके समय सोनेकी शलाका या कुशाके मूल अथवा दूर्वाके अंकुरोंसे जीभपर छोटी मक्खियोंके शहदसे '**ऐं**' लिखे और इसीका जप करे। तदनन्तर अग्निस्थापन करके गायके घीकी ८, २८ या १०८ आहुतियाँ देकर गायके दूधकी खीरमें हवनसे बचा हुआ घी मिला दे और '**ॐ प्राणाय स्वाहा**' '**ॐ अपानाय स्वाहा**' '**ॐ व्यानाय स्वाहा**' '**ॐ उदानाय स्वाहा**'

और '**ॐ समानाय स्वाहा**'—इन पाँच मन्त्रोंसे एक-एक करके पाँच प्राणाहुतियाँ देकर (अर्थात् पाँच ग्रास भक्षण करके) व्रत करे तो इससे छोटी अवस्थाके छात्रोंकी बुद्धि विकसित होती है और उनका शास्त्रज्ञान बढ़ता है।

(४) अनिष्टहर ग्रहणव्रत (वसिष्ठ-भृगुसंहिता)—जिसके जन्म[1] -नक्षत्र-(या राशि-) पर स्थित हुए सूर्य या चन्द्रमाका ग्रहण हो तो उससे उस राशिवाले नगर, ग्राम या मनुष्योंको पीड़ा होती है। अथवा जिस राजाके[2] राज्याभिषेकके नक्षत्रपर ग्रहण हो उस राजा और राज्यका ह्रास होता है; अतः इस निमित्त सुवर्णके सर्पको[3] तिलोंसे भरे हुए ताँबेके पात्रमें रखकर गन्ध, पुष्प आदिसे पूजन करे और वस्त्र आदिसे भूषित करके श्रोत्रिय ब्राह्मणको दे। उस समय '**तमोमय महाभीम सोमसूर्यविमर्दन। हेमनागप्रदानेन मम शान्तिप्रदो भव॥**' इस मन्त्रसे प्रार्थना करे और सूर्यग्रहणमें[4] सोनेके तथा चन्द्रग्रहणमें चाँदीके वृत्ताकार बिम्बका गन्धाक्षतसे पूजन करके दान करे तो उपरागजनित सभी संताप शान्त होते हैं।

(५) वैधव्य-योग-नाशक सावित्रीव्रत (हेमादि, व्रतखण्ड)—किसी कन्याकी कुण्डलीमें विधवायोग बनता हो तो उसके माता-पिता उससे एकान्तमें सावित्रीव्रत[5] अथवा पिप्पलव्रत करायें

---

१. यस्यैव जन्मनक्षत्रे ग्रस्येते शशिभास्करौ।
तज्जातानां भवेत् पीडा ये नराः शान्तिवर्जिताः॥ (वसिष्ठ)

२. यस्य राज्यस्य नक्षत्रे स्वर्भानुरुपरज्यते।
राज्यभंगं सुहृन्नाशं मरणं चात्र निर्दिशेत्॥ (भृगुसंहिता)

३. सुवर्णनिर्मितं नागं सतिलं ताम्रभाजनम्।
सदक्षिणं सवस्त्रं च श्रोत्रियाय निवेदयेत्॥ (दैवज्ञमनोहर)

४. सौवर्णं राजतं वापि बिम्बं कृत्वा स्वशक्तितः।
उपरागोद्भवक्लेशच्छिदे विप्राय कल्पयेत्॥ (दैवज्ञमनोहर)

५. सावित्र्यादिव्रतादीनि भक्त्या कुर्वन्ति याः स्त्रियः।
सौभाग्यं च सुहृत्त्वं च भवेत् तासां सुसंगतिः॥ (व्रतखण्ड)

और फिर उसका दीर्घायु योगवाले वरके साथ विवाह करें। व्रतविधि यह है कि ज्यौतिषशास्त्रोक्त शुभ मुहूर्तमें प्रातःस्नान आदिके पश्चात् शुभासनपर पूर्वाभिमुख बैठकर '**मम वैधव्यादिसकलदोषपरिहारार्थं ब्रह्मसावित्रीप्रीत्यर्थं च सावित्री-व्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके तीन दिन उपवास करे। यदि सामर्थ्य न हो तो प्रथम दिन रात्रि भोजन, द्वितीय दिन अयाचित और तृतीय दिन उपवास करके चतुर्थ दिन समाप्त करे। यह व्रत वटके समीप बैठकर करनेसे विशेष फलदायी होता है। अतः उस जगह बाँसके पात्रमें सप्तधान्य भरकर उसपर सुवर्णनिर्मित सावित्रीका स्थापन करके उसका गन्ध, पुष्प आदिसे पूजन करे। साथ ही वट-वृक्षको सूत्रसे वेष्टित करके उसका पंचोपचार पूजन कर परिक्रमा करे। तत्पश्चात् '**अवैधव्यं च सौभाग्यं देहि त्वं मम सुव्रते। पुत्रान् पौत्रांश्च सौख्यं च गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥**' से सावित्रीको अर्घ्य देकर अहिवात (सौभाग्य)-की रक्षाके लिये भक्ति, श्रद्धा और नम्रतासहित प्रार्थना करे तथा '**वट सिंचामि ते मूलं सलिलैरमृतोपमैः। यथा शाखाप्रशाखाभिर्वृद्धोऽसि त्वं महीतले। तथा पुत्रैश्च पौत्रैश्च सम्पन्नां कुरु मां सदा॥**' इससे वटकी प्रार्थना करे तो वैधव्यदोषका सुतरां परिहार हो जाता है। वैसे यह* व्रत विधवा-सधवा, बालिका-वृद्धा, अपुत्रा या सपुत्रा—सभीके करनेका है और विशेषकर ज्येष्ठकी अमावस्याको सार्वजनिकरूपमें किया भी जाता है। ज्यौतिषशास्त्रमें वैधव्ययोग इस प्रकार निश्चय किया गया है कि 'कन्याके जन्मलग्नमें सप्तमेश पापी हो, पापदृष्ट हो या पापयुक्त होकर अनिष्टकारी (छठे, आठवें, बारहवें) स्थानमें

---

* नारी वा विधवा वापि पुत्रीपुत्रविवर्जिता।
सभर्तृका सपुत्रा वा कुर्याद् व्रतमिदं शुभम्॥ (स्कन्द०)

बैठा हो या शत्रुके घरमें हो तो पतिके सुखको हीन करता है। इसी प्रकार लग्नमें क्रूरग्रह[१] हो और उससे सातवें भौम हो या लग्नमें चन्द्रमा[२] और सातवें मंगल हो अथवा चौथे,[३] सातवें, आठवें, बारहवें या लग्नमें मंगल हो तो पतिके सुखको हीन करता है।

(६) वैधव्यहर अश्वत्थव्रत (ज्ञानभास्कर)—जिस कन्याके बलवान् वैधव्य-योग हो, उसके माता-पिता उससे अश्वत्थव्रत करायें। कन्याको चाहिये कि वह ज्यौतिषशास्त्रोक्त श्रेष्ठ मुहूर्तमें स्नान करके रंग-बिरंगे वस्त्र धारण कर पिताके घरसे बाहर पीपल (और वह न हो तो शमी या बेरके वृक्ष)-के समीप जाकर चारों ओरकी मिट्टीसे उसके थाल्हा बनाये और विद्वान् ब्राह्मणको आचार्य बनाकर '**मम प्रबलवैधव्यदोषनिरसनपूर्वकं पतिपुत्रादिभिः सह सुखप्राप्तिकामनया अश्वत्थव्रतमहं करिष्ये।**'—यह संकल्प करके जलपूर्ण करवे (मिट्टीके पात्र)-से उस थाल्हेको जलसे भरकर पीपलको प्रतिदिन सींचे। विशेषकर चैत्र कृष्ण या आश्विन कृष्ण तृतीयाको अश्वत्थके समीप बैठकर उपर्युक्त प्रकारसे संकल्प करके उसका सेचन, पूजन और व्रत करे। इस प्रकार आगामी कृष्ण तृतीयापर्यन्त प्रतिदिन करके ३१वें दिन सपत्नीक ब्राह्मणोंका पूजन करे और बाँसके पात्रमें सुवर्णनिर्मित शिव-पार्वतीको स्थापित करके चन्दन, अक्षत, दूर्वा, बिल्वपत्र, पुष्प और धूप-दीप आदिसे विधिपूर्वक पूजन करे। इस प्रकार

---

१. यदि लग्नगतः क्रूरस्तस्मात् सप्तमगः कुजः।
विज्ञेयं मरणं पुंसाम्……… ॥ (नारद)

२. यदि लग्नगतश्चन्द्रस्तस्मात् सप्तमगः कुजः।
भर्तुर्मृत्युं विजानीयात्……… ॥ (नारद)

३. लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजः।
कन्या भर्तुर्विनाशाय भर्ता कन्याविनाशकृत् ॥ (ज्यौ० त०)

एक महीनेतक प्रतिदिन करनेसे कन्याको पूर्ण पतिसौख्य प्राप्त होता है।

(७) **वैधव्यहर कर्कटीव्रत** (व्रतराज)—सूर्यनारायणके कर्कराशिमें प्रवेश होनेपर कन्याको चाहिये कि वह स्नान करके शुद्ध हो अन्न-पूर्ण बाँसके पात्र या अक्षतोंके अष्टदलपर स्वर्णनिर्मित कर्कटी (ककड़ी)-को स्थापित कर उसका गन्ध, पुष्प आदिसे पूजन करे और विधिवत् व्रत करके ग्यारह फल (ऋतुकालकी ककड़ी) सहित स्वर्ण-कर्कटीका दान करके ब्राह्मणोंको भोजन कराये तो इससे वैधव्ययोगकी शान्ति होती है। उक्त तीनों व्रतोंके अतिरिक्त मार्कण्डेयपुराणमें 'कुम्भविवाह', 'अश्वत्थविवाह' और 'विष्णुविवाह'—ये तीन परिहार और लिखे हैं। तत्त्वदर्शी महर्षियोंके निश्चित किये हुए होनेसे प्रसंगवश यहाँ उनका दिग्दर्शन करा देना आवश्यक है।

(८) **वैधव्यहर विवाहव्रत** (सूर्यारुणसंवाद)—वैधव्ययोगकी सम्भावना होनेसे लौकिक विवाहसे पहले वैवाहिक मुहूर्तमें कन्याके माता-पिता सुस्नात कन्याको (१) '**कुम्भविवाह**' के लिये पीठस्थ कुम्भके दक्षिण भागमें पूर्वाभिमुख बिठाकर स्वयं उत्तराभिमुख बैठे हुए गणपतिपूजन, मातृकापूजन, नान्दीश्राद्ध और पुण्याहवाचन करके '**भूरसि**'—आदिसे कुम्भस्थापन करें और उसके ऊपर सुवर्णमय वरुण और विष्णुका पूजन करके कुम्भ और कन्याके गलेमें दस तारोंसे बनाया हुआ यज्ञोपवीत-सदृश सूत्र पहनायें और दोनोंको पीतवस्त्रसे वेष्टित करके अग्निस्थापनपूर्वक कन्यादान करें। फिर '**प्रजापतये**……' आदिसे और '**भूः स्वाहा**……' आदिसे आहुतियाँ देकर '**वरुणांगस्वरूप त्वं जीवनानां समाश्रय। पतिं जीवय कन्यायाश्चिरं पुत्रान् सुखं वरम्। देहि विष्णो वरं देव कन्यां पालय दुःखतः॥**' से प्रार्थना करके विसर्जन करें।

इसी प्रकार (२) '**पिप्पलविवाह**' के निमित्त सुस्नात कन्याको अश्वत्थके समीप पूर्वाभिमुख बैठाकर उसके माता-पिता उत्तराभिमुख बैठें और गणपति, मातृका आदिका पूजन करके विष्णु-प्रतिमा और पीपलका पूजन कर यथापूर्व दस तन्तुमय सूत्र और पीत वस्त्रसे कन्या और अश्वत्थको वेष्टित करे; फिर अग्निस्थापन करके यथोक्त विधिसे कन्यादानका संकल्प करे और '**प्रजापतये०**' आदिसे ४ तथा '**भूः स्वाहा**' आदिसे ९ आहुतियाँ देकर '**नमो निखिलपापौघनाशनाय नमो नमः। पूर्वजन्मभवं पापं बालवैधव्यकारकम्। नाशयाशु सुखं देहि कन्याया मम भूरुह॥**' से पीपलकी प्रार्थना करके विसर्जन करे। इसी प्रकार (३) '**विष्णुविवाह**' के लिये कन्यादाता सुवर्णनिर्मित विष्णुमूर्तिको वस्त्राच्छादित पीठके अष्टदल कमलपर स्थापित करके उसके समीप दक्षिण भागमें शुभासनपर कन्याको पूर्वाभिमुख बिठाये और स्वयं उत्तराभिमुख बैठकर गणपतिपूजन, मातृकापूजन, नान्दीश्राद्ध और पुण्याहवाचन करके विष्णुप्रतिमाका षोडशोपचार पूजन करे। फिर विष्णु तथा कन्याको दशतन्तुविधानके उपवीत-सदृश सूत्रसे वेष्टित और पीताम्बरसे आच्छादित करके अग्निस्थापनपूर्वक कन्यादान करे। फिर अग्निमें यथापूर्व '**प्रजापतये०**' आदिसे ४ और '**भूः स्वाहा**' आदिसे ९ आहुतियाँ देकर '**वैधव्याद्यतिदुःखौघनाशाय सुखलब्धये। बहुसौभाग्यलब्ध्यै च महाविष्णोरिमां तनुम्॥**' से प्रार्थना करके विसर्जन करे। स्मरण रहे कि उक्त तीनों विवाहोंमें कन्यादानका संकल्प करते समय दाता अपने गोत्रका उच्चारण करके कन्याको अपने प्रपितामहकी प्रपौत्री, पितामहकी पौत्री और अपनी पुत्री सूचित करता हुआ संकल्प करे। इसमें कुम्भ, अश्वत्थ और विष्णुके पिता, पितामह आदिके नामोच्चारण और राष्ट्राभृतादि आहुतियोंकी आवश्यकता

नहीं है और न इन विवाहोंमें पुनर्भूत्व दोष होता है; क्योंकि '**स्वर्णाम्बुपिप्पलानां च प्रतिमा विष्णुरूपिणी। तया सह विवाहे च पुनर्भूत्वं न जायते॥**' अर्थात् सोना, जल, पीपल और विष्णुप्रतिमाके साथ कन्याका विवाह करनेमें पुनर्भूत्व नहीं होता।*

(८) प्रायश्चित्तव्रत

पाप और पुण्य—दोनोंका स्वरूप अत्यन्त सूक्ष्म है। इनमें अज्ञानवश पाप और ज्ञानवश पुण्य स्वतः संचित होते हैं और समय पाकर बढ़ जानेसे दोनों प्रत्यक्ष देखनेमें आ जाते हैं। उस समय पापका बुरा और पुण्यका अच्छा फल होता ही है। उसमें भी मनुष्य स्वभावतः अच्छेकी इच्छा और बुरेसे ग्लानि करता है। इसी कारण त्रिकालदर्शी महर्षियोंने मनुष्यको पापमुक्त रखनेके लिये प्रायश्चित्त निश्चित किये हैं। इनके करनेसे सद्भावनावाले

---

* लक्ष्मीरूपा सदा कन्या हरिरूपं सदा जलम्।
हरेर्दत्तं च यद् दानं दातुः पापहरं सदा॥
लक्ष्मीनारायणप्रीत्यै या दत्ता कन्यका बुधैः।
तारयेत् सकलं दातुः कुलं पूर्वापरं सदा॥
चन्द्रगन्धर्ववह्नयम्बुशिवसोमस्मरा इमे।
पतयः कन्यकानां च बाल्यात् सन्ति सदैव ते॥
तदुद्वाहविधिर्यत्नात् कृतो नो जनयेदघम्।
यथालिभुक्तं कमलं देवानां पूजनाय वै॥
अर्हं भवति सर्वत्र तथा कन्या नृणां भवेत्॥ (हेमाद्रि)
यत्किंचित् कथितं शास्त्रं शान्तिकं पतिरक्षणे।
तत्पापमपि नो पापं येन धर्मोऽभिरक्ष्यते॥ (धर्मशास्त्र)
मन्थन्या भास्करो यत्नात् कृतवान् दुहितुर्विधिम्।
रेणुकोऽपि स्वकन्यायास्तदुद्वाहं चकार सः॥ (विधानखण्ड)
पित्रा मात्रा तथा भ्रात्रा दत्ता या तोयधारया।
विप्राग्निसुहृदां साक्ष्यं कृत्वा सोद्वाहिता भवेत्॥ (कात्यायन)

मनुष्य तो अपने अज्ञानवश किये पापोंसे मुक्त होकर सुप्रकाशित प्रतिभासे युक्त होते ही हैं; किंतु असद्‌भावनावाले मनुष्योंके ज्ञानपूर्वक किये हुए पाप भी यथोचित प्रायश्चित्तोंसे दूर हो जाते हैं। अंगिराने प्रायस् (तप) और चित्त (निश्चय)-को 'प्रायश्चित्त'[१] बतलाया है। हारीतके मतसे शुद्धिद्वारा संचित पापोंके नाशका नाम 'प्रायश्चित्त'[२] है और वैसे किसी प्रकारसे किये गये पापसे अन्तःकरणमें ग्लानि होने (या पछताने) और उसके मिटानेका शास्त्रसम्मत (या परम्परागत) कर्म करनेका नाम भी प्रायश्चित्त ही है।

पाप और पुण्यके अनेक भेद, अनेक लक्षण, अनेक कारण और अनेक नाम होनेपर भी वेदव्यासजीने इनका लक्षण दो शब्दोंमें स्पष्ट कह दिया है। उनका मत है कि दूसरेका उपकार करना 'पुण्य'[३] और दूसरेको पीड़ित करना 'पाप'[४] है। शास्त्रकारोंने पाप तीन प्रकारके बतलाये हैं—(१) धर्मशास्त्रोंने जिस जातिके लिये जो कर्म बतलाया है, उसको न करना, (२) शास्त्रोंमें जिस कर्मको बुरा बतलाया है, उसको करना और (३) इन्द्रियोंको वशमें न रखकर मनमाने कर्म (खान-पान, पहिरान या दुर्व्यवहार) करना—इन तीनों प्रकारके पापोंसे ही पीछे जाकर प्रकीर्णक, जातिभ्रंशकर, संकरीकरण, अपात्रीकरण, मलिनीकरण, उपपातक, अनुपातक और महापातक बन जाते हैं और इनके करनेसे मनुष्य निजपदसे गिर जाता है। अतः

---

१. प्रायो नाम तपः प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते।
तपोनिश्चयसंयुक्तं प्रायश्चित्तमिति स्मृतम्॥ (अंगिरा)

२. 'प्रयतत्वाद्वोपचितमशुभं नाशयतीति प्रायश्चित्तम्'॥ (हारीत)

३. परोपकारः पुण्याय।

४. पापाय परपीडनम्। (वेदव्यास)

शास्त्रकारोंने जिस कर्मका निषेध किया है, उसका त्याग और जिसको ग्राह्य बतलाया है, उसका ग्रहण करना मनुष्यमात्रके लिये श्रेयस्कर है। कदाचित् कुसंगवश कोई पाप बन जाय तो उसकी निवृत्तिके निमित्त यथोचित प्रायश्चित्त करना आवश्यक है। यदि प्रायश्चित्त न किया जाय तो दूसरे जन्ममें दूषित योनि प्राप्त होती है या अंग-भंग, भगन्दर आदि दोषोंसे युक्त मनुष्ययोनि मिलती है। किस पापसे मनुष्य किस योनिमें उत्पन्न होता है अथवा अंगोंमें किस प्रकारकी विकृति होती है—ये सब विषय 'प्रायश्चित्तेन्दुशेखर' आदिमें विस्तारसे वर्णित हैं।

प्रायश्चित्तके अनेक भेद हैं। जैसा पाप हो, वैसा ही प्रायश्चित्त होता है। उसमें भी ज्ञात, अज्ञात, अवस्था-भेद और तत्काल या कालातिक्रमण आदिके विचारानुसार यथोचित प्रायश्चित्तमें कमी-बेशी भी की जाती है। यथा—सामान्यके लिये जप या हवन, विशेषके लिये (पूर्वांगमें लिखे हुए) एकभुक्त, नक्त, अयाचित या उपवास और ताड़न-मारण आदिके लिये कृच्छ्र या अतिकृच्छ्र नियत किये जाते हैं। इस विषयमें 'प्राजापत्य' और 'चान्द्रायण' का विशेष प्राधान्य है। अधिकांश पापोंके प्रायश्चित्त प्रायः इन्हींके (कृच्छ्र-अतिकृच्छ्र आदि) विभिन्न भेदोंसे सम्पन्न होते हैं। इनमें भी पापोंकी गुरुता और लघुताके अनुसार कठोरता और सरलता की जाती है। यथा—

(१) प्राजापत्यव्रत (मन्वादि धर्मशास्त्र)—इसमें तीन दिन प्रातःकाल (कुक्कुटाण्डके बराबर २६ या १५ ग्रास); तीन दिन सायंकाल (वैसे ही २५ या १२ ग्रास) और तीन दिन अयाचित (बिना माँगे जो कुछ जिस समय जितना मिल जाय, उसके चौबीस ग्रास) भोजन और तीन दिन उपवास करनेसे एक

'प्राजापत्य'[१] होता है। इस प्रकार न हो सके तो एकभुक्त, नक्त, अयाचित और उपवास—ये यथाक्रम ३-३ दिन करे। उपवास निराहार न हो सके तो जल, फल या दुग्धपानसे करे। जपशीलको[२] बारह हजार जप, तपशीलको[३] एक हजार होम तथा समर्थको १२ ब्राह्मणोंका भोजन और दो गो-दान या गोमूल्यरूपसे कुछ द्रव्यका दान करना चाहिये। इस व्रतसे 'अनादिष्ट' (जिनके लिये प्रायश्चित्तका विधान नहीं है उन) पापोंकी निवृत्ति होती है।

(२) **पादोनकृच्छ्रव्रत** (मन्वादि धर्मशास्त्र)—इसमें दो दिन प्रातःकाल, दो दिन सायंकाल, दो दिन अयाचित भोजन और दो दिन उपवास करे। यह न बने तो कुछ सोना दान दे।

(३) **अर्द्धकृच्छ्रव्रत**[४] (धर्मशास्त्र)—इसमें एक दिन प्रातःकाल, एक दिन सायंकाल, दो दिन अयाचित भोजन और दो दिन उपवास करे। यह न बने तो सोने या चाँदीका दान दे। इस व्रतसे ऋतुकालमें स्त्रीका सहवास त्याग देने-जैसे पापोंकी निवृत्ति होती है।

(४) **पादकृच्छ्रव्रत** (धर्मशास्त्र)—इसमें एक दिन प्रातःकाल,

---

१. त्र्यहं प्रातस्त्र्यहं सायं त्र्यहमद्यादयाचितम्।
परं त्र्यहं च नाश्नीयात् प्राजापत्यं चरेद् द्विजः॥ (मनु)

२. अनृतं मद्यगन्धं च दिवामैथुनमेव च।
पुनाति वृषलान्नं च संध्या बहिरुपासिता॥
शतजप्ता तु सावित्री महापातकनाशिनी।
सहस्रजप्ता तु तथा पातकेभ्यः प्रमोचिनी॥
दशसाहस्रजाप्येन सर्वकिल्बिषनाशिनी।
लक्षं जप्ता तु सा देवी महापातकनाशिनी॥ (शंख)

३. तिलान् ददाति यः प्रातस्तिलान् स्पृशति खादति।
तिलस्नायी तिलांजुह्वन् सर्वं तरति दुष्कृतम्॥ (यम)

४. सायं प्रातस्तथैकैकं दिनद्वयमयाचितम्।
दिनद्वयं च नाश्नीयात् कृच्छ्रार्धं तद् विधीयते॥ (आपस्तम्ब)

एक दिन सायंकाल, एक दिन अयाचित भोजन और एक दिन उपवास करनेसे 'पादकृच्छ्र'[१] होता है।

(५) **अतिकृच्छ्र** (धर्मशास्त्र)—नौ दिन एक-एक ग्रास भोजन और तीन दिन उपवास करने और ३ या २ गौ देनेसे 'अतिकृच्छ्र'[२] होता है। यह न बन सके तो 'पाणिपूरान्न' (हथेलीमें आये उतना) भोजन और तीन दिन दूध आदिसे उपवास करे। यह व्रत ब्राह्मणके लकुट-प्रहार करने-जैसे पापोंकी निवृत्तिके निमित्त किया जाता है।

(६) **कृच्छ्रातिकृच्छ्र** (धर्मशास्त्र)—प्रातःकाल, सायंकाल और मध्याह्नकाल—इनमें एक-एक बार जल पीकर २१ दिन व्रत करनेसे 'कृच्छ्रातिकृच्छ्र'[३] होता है। यमका मत है कि यह न बने तो अतिकृच्छ्र करे।

(७) **तप्तकृच्छ्रव्रत** (मनु आदि)—३ दिन ६ पल (३५० ग्राम) गर्म जल, ३ दिन ३ पल गर्म दूध, ३ दिन १ पल गर्म घी और तीन दिन गर्म वायु (उबलते हुए जलकी भाप) पीनेसे; या ३ पल गर्म जल, २ पल गर्म दूध और १ पल गर्म घी ३-३ दिन पीने और ३ उपवास करनेसे अथवा तीनोंको एक साथ गर्म करके १ दिन पीने और १ दिन उपवास करनेसे 'तप्तकृच्छ्र'[४] होता है। इसमें पहला मत मनुका है।

(८) **शीतकृच्छ्रव्रत** (मनु-याज्ञवल्क्य आदि)—इसमें ३ दिन उक्त प्रमाणका ठंडा जल, ३ दिन ठंडा दूध और तीन

---

१. बालवृद्धातुरेष्वेवं शिशुकृच्छ्रमुवाच ह। (वसिष्ठ)

२. एकैकं ग्रासमश्नीयात् त्र्यहाणि त्रीणि पूर्ववत्।
त्र्यहं चोपवसेदन्त्यमतिकृच्छ्रं चरन् द्विजः॥ (मनु)

३. अब्भक्षस्तु त्रिभिः कालैः कृच्छ्रातिकृच्छ्रकः स्मृतः। (गौतम)

४. तप्तकृच्छ्रं चरन् विप्रो जलक्षीरघृतानिलान्।
प्रतित्र्यहं पिबेदुष्णान् सकृत्स्नायी समाहितः॥ (मनु)

दिन ठंडा घी पीनेसे और यदि सामर्थ्य न हो तो १-१ दिन पीनेसे 'शीतकृच्छ्र'[१] होता है।

(९) पर्णकूर्चव्रत (धर्मशास्त्र)—पलास, गूलर, पद्म, बेलपत्र और कुशपत्र—इन सबको एक साथ उबालकर ३ दिन पीनेसे 'पर्णकूर्च'[२] होता है।

(१०) ब्रह्मकूर्चव्रत (धर्मशास्त्र)—पहले ३ दिन उपवास करके फिर पलास, गूलर, पद्म, बेलपत्र और कुश—इनके उबलते हुए भापको पीनेसे 'ब्रह्मकूर्च' होता है।

(११) पर्णकृच्छ्र—नित्य स्नानसे पहले पंचगव्य-स्नान करके पहले ३ दिन उपवास, फिर ५ दिनतक प्रतिदिन पलास, गूलर, पद्म, बेल और कुश—इनके पत्तोंको जलमें उबालकर या इनमेंसे एक-एकको प्रतिदिन उबालकर पीनेसे 'पर्णकृच्छ्र'[३] होता है।

(१२) पद्मकृच्छ्र—पद्मके पत्तोंको उबालकर प्रतिदिन एक मास पीनेसे 'पद्मकृच्छ्र'[४] होता है।

(१३) पुष्पकृच्छ्र—पुष्पोंको उबालकर एक मास पीनेसे 'पुष्पकृच्छ्र'[५] होता है।

(१४) फलकृच्छ्र—फलोंको उबालकर उनका जल एक मास पीनेसे 'फलकृच्छ्र'[६] होता है।

---

१. त्र्यहं शीतं पिबेत्तोयं त्र्यहं शीतपयः पिबेत्।
त्र्यहं शीतं घृतं पीत्वा वायुभक्षः परं त्र्यहम्॥ (यम)

२. पालाशादीनि पत्राणि त्रिरात्रोपोषितः शुचिः।
क्वाथयित्वा पिबेदद्भिः पर्णकूर्चोऽभिधीयते॥ (यम)

३. पत्रैर्मतः पर्णकृच्छ्रः। (मार्कण्डेय)

४. पद्मपत्रैः पद्मकृच्छ्रः। (,,)

५. पुष्पैस्तत्कृच्छ्र उच्यते। (,,)

६. फलैर्मासेन क्वथितः फलकृच्छ्रो मनीषिभिः। (,,)

(१५) मूलकृच्छ्र—उक्त वृक्षोंके मूलको उबालकर उसका जल एक मास पीनेसे 'मूलकृच्छ्र'[१] होता है। इन पर्ण, पद्म, पुष्प, फल और मूलोंका जल प्रतिदिन तैयार करना चाहिये। यह नहीं कि एक दिन इकट्ठा उबालकर पात्रमें भर ले और प्रतिदिन पीता रहे।

(१६) श्रीकृच्छ्र (धर्मशास्त्र)—यह तीन प्रकारसे किया जाता है। यथा बेलके फल उबालकर उनका जल एक मास पीनेसे 'श्रीकृच्छ्र' या आँवले उबालकर उनका जल पीनेसे 'दूसरा श्रीकृच्छ्र'[२] होता है।

(१७) जलकृच्छ्रव्रत (याज्ञवल्क्य)—शुद्ध जलको उबालकर प्रतिदिन प्रातःस्नान आदि नित्यकर्मके पीछे एक मासतक पीनेसे 'जलकृच्छ्र'[३] होता है।

(१८) सांतपन (विश्वकोश)—छः रात्रिका उपवास करनेसे 'सांतपन' होता है।

(१९) कृच्छ्रसांतपन (याज्ञवल्क्य)—एक दिन गोमूत्र, एक दिन गोबर, एक दिन दही, एक दिन दूध, एक दिन घी और एक दिन कुशोदक पीने और एक दिन उपवास करनेसे 'कृच्छ्रसांतपन'[४] होता है।

(२०) महासांतपन (याज्ञवल्क्य)—तीन दिन गोमूत्र, तीन दिन गोबर, तीन दिन दही, तीन दिन दूध, तीन दिन घी और

---

१. मूलकृच्छ्रः स्मृतो मूलैः। (मार्कण्डेय)

२. श्रीकृच्छ्रः श्रीफलैः प्रोक्तः। (मार्क०) मासेनामलकैरेवं
श्रीकृच्छ्रमपरं स्मृतम्। (मार्कण्डेय)

३. तोयकृच्छ्रो जलेन तु। (,,)

४. गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिः कुशोदकम्।
एकैकं प्रत्यहं पीत्वा त्वहोरात्रमभोजनम्।
कृच्छ्रं सांतपनं नाम सर्वपापप्रणाशनम्॥ (जाबालि)

तीन दिन कुशोदक पीने और तीन दिन उपवास करनेसे सम्पूर्ण पापोंको निवारण करनेवाला 'महासांतपन'[1] होता है।

(२१) **अतिसांतपन**—उपर्युक्त पदार्थोंको दो-दो दिन पीनेसे 'अतिसांतपन'[2] होता है।

(२२) **ब्रह्मकूर्चव्रत** (मिताक्षरा)—इसमें ताम्रवर्णकी गौके ८ माशे गोमूत्रको गायत्री-मन्त्रसे, सुश्वेत रंगकी गौके १६ माशे गोबरको '**गन्धद्वारां०**' से, नीली गौके १० माशे दहीको '**दधिक्राव्णो०**' से, सुनहरे रंगकी गौके १२ माशे दूधको '**आप्यायस्व०**' से, काले रंगकी गौके ९ माशे घीको '**देवस्य त्वा०**' से और यथाविधि लाये हुए कुशके चार माशे जलको '**देवस्य त्वा०**' से ग्रहण करके पंचगव्य बनाकर '**इरावती०**', '**इदं विष्णु०**', '**मा नस्तोके०**' और '**शंवती०**'—इन २० ऋचाओंसे हवन करे। फिर हवनसे बचे हुए पंचगव्यको प्रणव (ॐ)से मिलाये, ॐसे ही उठाये और ॐसे ही ढाकके मध्यपत्र या सुवर्णपात्र अथवा ताम्रपात्र या 'ब्रह्मतीर्थ' (हथेलीमें लेकर चरणामृतकी भाँति मणिबन्धके ऊपर)-से पीये और पीते समय '**यत्त्वगस्थिगतं पापं देहे तिष्ठति मामके। ब्रह्मकूर्चोपवासस्तु दहत्वग्निरिवेन्धनम्॥**' इस मन्त्रका उच्चारण करे। इस प्रकार तीन बार पीनेसे 'ब्रह्मकूर्च'[3] सम्पन्न होता है।

(२३) **यतिसांतपन** (याज्ञवल्क्य)—उक्त प्रकारसे तैयार किये हुए (गोमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी)-के पंचगव्यको

---

१. त्र्यहं पिबेत्तु गोमूत्रं त्र्यहं वै गोमयं पिबेत्।
त्र्यहं दधि त्र्यहं क्षीरं त्र्यहं सर्पिस्ततः शुचिः॥
महासांतपनं चैतत्‌......। (यम)

२. एतान्येव यदा पेयादेकैकं तु द्व्यहं द्व्यहम्।
अतिसांतपनं नाम श्वपाकमपि शोधयेत्॥ (यम)

३. एताभिश्चैव होतव्यं हुतशेषं पिबेद् द्विजः।
ब्रह्मकूर्चोपवासस्तु० । (पराशर)

तीन दिनतक पीनेसे 'यतिसांतपन' होता है। जाबालिके मतसे उक्त पंचगव्यको कुशोदकमें मिलाकर सात दिन पीनेसे 'कृच्छ्रसांतपन' होता है।

(२४) पराकव्रत (धर्मशास्त्र)—निरन्तर बारह अहोरात्रका उपवास करने और २, ३ या ५ गोदान अथवा तन्मूल्योपकल्पित द्रव्य देनेसे 'पराकव्रत' सम्पन्न होता है।

(३४) बहुमूत्रहरव्रत (सूर्यारुण १३७)—लोभवश दुग्धादि पदार्थोंको चुराने या उनको नष्ट-भ्रष्ट करनेसे बहुमूत्र होता है। उसकी निवृत्तिके लिये काश्यपके कथनानुसार 'दुग्धधेनु' का दान और नक्तव्रत (रात्रिमें एक बार भोजन) करना चाहिये।

(३५) अश्मर्युपशमनव्रत (मुक्तकसंग्रह)—पूर्वजन्मके अगम्यागमनादि महापापोंके प्रभावसे अथवा वात, पित्त, कफ और शुक्रके विकृत होनेसे अश्मरीका आक्रमण होता है। उसके प्रतीकारके लिये ज्यौतिषशास्त्रोक्त शुभ मुहूर्तमें प्रातःस्नानादि नित्यकर्मसे निवृत्त होकर '**हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥**' इस मन्त्रका दस हजार बार जप करे और पलाश (छीला)-की समिधा तथा घीसे इसी मन्त्रकी एक हजार आहुति दे तथा दूध पीकर रहते हुए ईश्वरका स्मरण करे।

(३६) प्रमेहरोगोपशमनव्रत* (अनु० प्रकाश)—यह रोग अनेक प्रकारका होता है। धर्मशास्त्रोंके अनुसार किसी भी जन्ममें माता, सास, गुरुपत्नी, रानी तथा मित्र-मातामें गमन करनेसे 'मधुमेह', भ्रातृभार्या (भौजाई)-में गमन करनेसे 'जलमेह', भगिनीमें गमन करनेसे 'इक्षु' (रस) मेह, अमा, पूर्णिमा या

---

* आस्यासुखं स्वप्नसुखं दधीनि ग्राम्यौदकानूपरसाः पयांसि।
नवान्नपानं गुडवैकृतं च प्रमेहहेतुः······॥ (माधव)

ग्रहणमें स्त्री-प्रसंग करने तथा कन्यामें गमन करनेसे 'बालमेह', चाण्डाली या मेहतरी आदिमें गमन करनेसे 'व्याधिकर सर्वप्रमेह' और तिर्यग्योनि-(पशु आदि-) में गमन करनेसे 'शूलप्रयुक्तप्रमेह' होता है। आयुर्वेदके अनुसार सुखकी उपस्थिति, सुखकी निद्रा, सुखप्रद (स्त्री-प्रसंगकारी) स्वप्न और दूध-दही या नवीन अन्न-जल खाने-पीने आदिसे प्रमेह होता है। इसकी निवृत्तिके लिये यथायोग्य—क्षुधा और तृषा (भूख-प्यास) दोनों त्यागकर निराहार तीन उपवास, तीन यवमध्य, तीन चान्द्रायण तथा तीन कृच्छ्रचान्द्रायण, पुरुषसूक्त और सहस्रनामके पाठ करे और अधिक पाप (या पाप और रोग दोनों) हों तो प्रतिदिन **'या ते रुद्र०'** सूक्तसे घीकी एक हजार आहुति, सुवर्ण-धेनुका दान और चालीस ब्राह्मणोंको भोजन करावे। इससे सब प्रमेह शान्त होते हैं।

(३७) प्रदरोपशमनव्रत (मन्त्रमहार्णव)—रक्त और श्वेत दो प्रकारका प्रदर होता है। रक्तमें स्त्रीकी जननेन्द्रियसे रक्त और श्वेतमें रज (जिसको स्त्रियाँ धौले गिरते मानती हैं) बहता रहता है। पूर्वजन्ममें गर्भस्रावादि या भ्रूणहत्या करने अथवा बालकोंके मारनेसे रक्त या श्वेतप्रदर होता है। इनमें 'रक्तप्रदर' प्राणान्तक और 'श्वेतप्रदर' स्त्रीत्वनाशक होता है। इनके निमित्त जितनी सामर्थ्य हो उतनेभर सुवर्णका यज्ञोपवीत बनवाकर माघ, फाल्गुन या वैशाखकी शुक्ल त्रयोदशीको प्रात:स्नानादिसे निश्चिन्त होकर व्रत धारण करे और पूर्वाभिमुख बैठकर सुवर्णनिर्मित यज्ञोपवीतका पूजन करके उसे दीन एवं सदाचारी ब्राह्मणको दे। अथवा भौम या शुक्रवारके दिन प्रबालभस्म और मुक्ताभस्मको शहदमें मिलाकर **'अग्निर्मूर्धा दिव:०'** और **'अन्नात्परिस्रुतो०'** से घीके साथ १०८ आहुति देकर ब्राह्मणोंको घी तथा खीरका भोजन

करावे और उनको विदा करके पति-पुत्रादिसहित स्वयं भोजन करे।

(३८) प्रदरहरव्रत (मन्त्रमहार्णव)—पूर्वजन्ममें माँ-बाप, भाई या गुरुजनोंके साथ स्पर्धा (डाह) रखने आदि कारणोंसे प्रदर होता है। एतन्निमित्त '**तद्विष्णो०**' इस मन्त्रका प्रतिदिन एक हजार जप और चान्द्रायणव्रत करे तथा घी और शहदयुक्त अन्नका दान करके सात्त्विक पदार्थोंका एक समय भोजन करे।

(३९) श्वयथु (शोथ) रोगहरव्रत (मन्त्रमहार्णव)—पर्वतकी तलहटीमें, नदी आदिके तीरमें या छायाकी जगह (वृक्षादिके मूल) वे मल-मूत्र या खखार आदि त्यागनेके पापसे श्वयथु रोग होता है (इसको कोई-कोई दमा भी मानते हैं)। इसकी शान्तिके लिये '**सर्वँ्इदं वो विश्वतः शरीरं०**' का ३०११८ बार जप करे और '**आपो हि ष्ठा मयोभुवः०**' आदिसे चरु (खीर) और घीकी एक हजार आहुति दे तथा उपवास करे।

(४०) वृषणव्याधिविघातकव्रत (विष्णुधर्मोत्तर)—भगिनीमें अज्ञानवश गमन करे तो उसको तीन चान्द्रायणव्रत करने चाहिये और यदि ज्ञानपूर्वक करे तो कृच्छ्रचान्द्रायण करना चाहिये तथा ज्ञानपूर्वक भी बहुत दिनोंतक करे तो उसे अपना देह त्याग देना चाहिये। [उपर्युक्त पापोंसे ही वृषण-व्याधि होती है।]

(४१) गण्डमालाशमनव्रत* (अनु० प्रकाश)—गुरुसे द्वेष रखने और दूसरोंका चित्त दुखानेसे या मेद और कफके कारणसे गण्डमाल (काँख, कंधा, गला या सन्धि-प्रदेशादिमें बेर या आमलेके समान छोटी-बड़ी गंड—गूगड़ी) होती है। इसके निमित्त चान्द्रायणव्रत और पुरुषसूक्तके एक हजार पाठ करे।

---

* कर्कन्धुकोलामलकप्रमाणैः कक्षांसमन्यागलवंक्षणेषु।
मेदःकफाभ्यां चिरमन्दपाकैः स्याद् गण्डमाला······ ॥ (माधव)

(४२) गलगण्डहरव्रत* (सूर्यारुण २७९)—अध्यापक तथा गुरुके साथ प्रवंचनात्मक व्यवहार करने या गलेमें वात, कफ और मेद होनेसे उसके दोनों ओर गलगण्ड (गलसूंडे) हो जाते हैं। इनकी शान्तिके लिये ताँबाके पात्रमें यथाशक्ति काले तिल भरकर उनके ऊपर मोतियोंकी माला रखे और उसे पंचोपचारोंसे पूजन करके शुद्धहृदय (निष्कपट) सदाचारी तथा धनहीन ब्राह्मणको दान दे और ग्रहशान्ति करे। इससे गलगण्ड शान्त होता है। व्रत करना भी आवश्यक है ही।

(४३) बभ्रुमण्डलहरव्रत (सूर्यारुण २६२)—यह रोग बभ्रुघात (नेवलेकी हत्या) आदि दोषोंसे उत्पन्न होता है। इसमें शरीरपर नेवलेकी आकृतिके चिह्न—चकते या गुल्म हो जाते हैं और उनसे स्वास्थ्य खराब होकर आकृति बिगड़ जाती है। इसके लिये यथाशक्ति सोना लेकर उसका नेवला बनवावे और व्रतपूर्वक उसकी पूजा करके ब्राह्मणको दान कर दे।

(४४) औदुम्बरहरव्रत (सूर्यारुण २३८)—जन्मान्तरमें ताँबाका अपहरण करनेसे शरीरमें औदुम्बरका उदय होता है। रोगीको चाहिये कि वह व्रत करके ताम्रदान करे।

(४५) पादचक्रहरव्रत (सूर्यारुण २५७)—जन्मान्तरमें श्वानकी हत्या करनेसे पादचक्र (पाँवोंमें चक्र-जैसे चिह्न) हो जाते हैं। उनके लिये वेदवेत्ता विद्वान्‌को यथाशक्ति सुवर्ण देकर उसके चरणोदकसे उस चक्र-चिह्नको धोना चाहिये।

(४६) कुष्ठरोगोपशमनव्रत (भगवान् शंकर)—राजयक्ष्मादिके समान यह रोग भी पूर्वजन्ममें किये हुए अगणित जीवोंकी हत्या-जैसे महापापोंका परिणाम है। किसी मनुष्यके शरीरमें इस

---

* वातः कफश्चापि गले प्रदुष्टो मन्ये समाश्रित्य तथैव मेदः।
कुर्वन्ति गण्डं क्रमशस्त्रलिङ्गैः समन्वितं तं गलगण्डमाहुः॥ (माधव)

रोगका एक छींटा भी दीख जाय तो उसके प्रति जनसमाजकी अश्रद्धा और अरुचि हो जाती है। आयुर्वेदके अनुसार यह रोग अठारह प्रकारका होता है तथा शरीरगत वात, पित्त और कफके कुपित होने एवं रक्त-मांस-त्वचा और जलके बिगड़ जानेसे इसका उदय होता है। उन अठारह भेदोंमेंसे कपाल, उदुम्बर, मण्डल, सिध्म, काकणक, पुण्डरीक और ऋक्ष-जिह्वा—ये सात 'महाकुष्ठ' माने गये हैं और कुष्ठ, गजचर्म, चर्मदल, विचर्चिक, विपादिक, पाषा, कच्छु, विस्फोटक, दद्रु, किट्टिस और अलसक—ये ग्यारह 'क्षुद्रकुष्ठ' हैं। इनमें किस दोषसे कौन-सा कुष्ठ होता तथा किस प्रकार और कैसा कष्ट देता है, यह आयुर्वेदके मान्यतम ग्रन्थोंमें विस्तारके साथ बतलाया गया है तथा वहीं इसको दूर करनेके लिये पृथक्-पृथक् उपाय भी बताये गये हैं। परंतु बहुत-से मनुष्योंकी कोढ़ अनेक उपाय करनेपर भी नहीं मिटती—बढ़ती ही जाती है। इससे जान पड़ता है, उनके पूर्वकृत पापोंकी निवृत्ति नहीं हुई है। कर्मविपाकसंग्रहमें कुष्ठकी उत्पत्तिके मुख्य कारण इस प्रकार बतलाये गये हैं—पूर्वजन्ममें गौ-ब्राह्मणादिकी हत्या करने, घर, खेती या जन्तुओंको जलाने तथा दीन-हीन या अपाहिज (लूले-लँगड़े, अन्धे-बहरे और असमर्थ) आदिका सर्वस्व हरण करने आदि कारणोंसे कुष्ठ होता है। पापकी मात्राके अनुसार ही कुष्ठ-रोगकी भी मात्रा होती है और कोढ़ी मनुष्योंके साथ खाने-पीने, उनके वस्त्रादि धारण करने तथा उनके श्वासोच्छ्वासका स्पर्श होने आदिसे यह रोग एकसे दूसरेमें प्रविष्ट होता है। वास्तवमें इससे बचते रहना ही अच्छा है। यदि इसमें रोगीके साथ आहार-विहारादिका सम्बन्ध रखा जाय तो यह एकसे दूसरेमें और दूसरेसे तीसरेमें फैल जाता है। सूर्यारुणने इसके प्रतीकारका

यह उपाय बतलाया है कि रोगीकी जितनी सामर्थ्य हो उतनी तौलके सुवर्णका वृषभ (नन्दिकेश्वर) बनवाकर उसको रेशमी वस्त्रोंसे सुशोभित करे। फिर गन्ध-पुष्पादिसे चर्चित करके '**मम पूर्वजन्मार्जितसमस्तपापनिरसनपूर्वकं प्रस्तुतकुष्ठोपशमन-कामनया शिवप्रीतये सुवर्णवृषभं वयोवृद्धाय वेदाभ्यासिने सत्पात्रब्राह्मणायाहं दास्ये।**' इस संकल्पके साथ उसका दान करे और रात्रिमें एक समय भोजन करे।

(४७) विभिन्न कुष्ठोपहरव्रत (महाभारत)—जलजन्तु (मच्छी, कछुए, मकर, मगरमच्छ और मुर्गा) आदिके प्राण लेने अथवा वस्त्रादिको लूटने आदिसे 'श्वेत-कुष्ठ' होता है। इसके लिये सांतपनव्रत करे।·····न्यायपूर्वक अपराधका निर्णय किये बिना ही निर्दोषपर दोषारोपण करके उसे अनुचित दण्ड देनेसे मुखमण्डलपर 'कृष्ण-कुष्ठ' होता है। उसके लिये कृच्छ्रातिकृच्छ्र चान्द्रायणव्रत करे। क्षुद्र (छोटे) जीवोंका वध करनेसे 'मुखविवर्णकर-कुष्ठ' (मुखको मधुमक्खियोंके छत्ते-जैसा कुरूप बनानेवाला) होता है। उसके लिये अतिकृच्छ्रचान्द्रायणव्रत करके रजतवृषभ (चाँदीके बैल नन्दिकेश्वर)-का दान करना चाहिये। ब्रह्महत्या करनेसे 'पाण्डु-कुष्ठ' होता है। उसके लिये यथोचित स्नान, दान, जप, तप (उपवास), ईश्वरस्मरण और विष्णुपूजन आदि सत्कर्म करनेके अनन्तर शालग्रामजीकी मूर्तिको काष्ठासनादिमें सुस्थिर करके उनको जलपूर्ण एक सहस्र कलशोंसे स्नान करावे। साथ ही पुरुषसूक्तके पाठ तथा प्रत्येक कलशके साथ विष्णुसहस्रनामके एक-एक नामका '**ॐ विष्णवे नमः**' इत्यादिरूपसे उच्चारण करता रहे और अभिषेक समाप्त होनेपर पचास ब्राह्मणोंको उत्तम पदार्थोंका भोजन करवाकर स्वयं एक समय भोजन करे। पूर्वजन्ममें गौ-ब्राह्मणोंका घात करनेके महापापसे मनुष्यके

शरीरमें 'गलितकुष्ठ' होता है, जिसमेंसे रक्त, जल और चेप सदैव झरते रहते हैं। हाथ, पाँव, अंगुली, अँगूठे, भौंह, पीठ और कटि आदि सम्पूर्ण अंगोंमें घात, क्षत या फूटे हुए फोड़े-जैसे चिह्न हो जाते हैं और उनमेंसे दुर्गन्ध निकलती रहती है। यह कोढ़ आमरण रहता है। बल्कि संसर्गदोषवश उसकी मृत्युके पश्चात् बेटे-पोतेतकके शरीरमें भी उसका उदय होता है। इसकी पीड़ासे मुक्त होने या शान्ति-लाभ करनेके लिये यथासामर्थ्य सोना या चाँदीका कालपुरुष बनवावे। उसके चक्राकार गोलवृत्तमें बहुत-सी किरणें भी हों और देखनेमें ग्रह, तारा या सूर्य-जैसा मालूम हो। तदनन्तर उसको वस्त्रसे ढकी हुई चौकीपर विराजमानकर गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे और वेदज्ञ, विधिज्ञ एवं बहुज्ञ ब्राह्मणको भोजन कराकर उसका यथाविधि दान करे। इसी तरह अधिक मात्रामें चाँदीकी अनेक बार चोरी करनेमें 'चित्रकुष्ठ' होता है। उसमें मनुष्यके शरीरमें सर्वत्र ही चित्र-विचित्र सफेद धब्बे हो जाते हैं, जिनसे उसका स्वरूप बिगड़ जाता है। उक्त पापका परिहार करनेके लिये कुरुक्षेत्रमें जाकर तीन प्राजापत्यव्रत करे और व्रतके दिनोंमें अपनी शक्तिके अनुसार तीन पल (लगभग १५० ग्राम) सुवर्णमेंसे प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा असमर्थ मनुष्योंको दान दे।

(४८) **अर्बुदहरव्रत** (हिंदीविश्वकोश)—यह रोग किसी अंशमें कुष्ठके ही समान है; यह फोड़ेके रूपमें प्रकट होता है और चमड़ेके नीचे मांस, नस, नाड़ी या हड्डी आदिमें उत्पन्न होकर स्वतन्त्ररूपसे बढ़ता है। यदि यह साधारण हो तो उचित उपायसे रुक जाता है और यदि रक्तमें जा पहुँचे या उसके होनेके बाद रक्तमें कोई दोष आ जाय तो फिर यह किसी सामान्य उपायसे नहीं मिटता। अर्बुदका उदय प्रायः कान, नाक, जीभ,

मस्तिष्क, यकृत् (जिगर), वक्षःस्थल, मूत्राशय, गर्भाशय, अण्डाधार अथवा योनिके अंदर और जेरके समीपमें होता है। स्त्रियोंके भीतर यह रोग गर्भगत बालकके समान क्रमशः बढ़ता है और समय पूरा होनेपर पुत्रप्रसवके बदले प्राणान्तकारी हो जाता है। इस रोगकी शान्तिके लिये नियमपूर्वक चार प्राजापत्यव्रत करे और यथाशक्ति सप्तधान्योंका दान दे।

(४९) वर्वरांगत्वहरव्रत (सूर्यारुण २३८)—लोहादिके हरणसे वर्वरांग होता है। इसकी निवृत्तिके लिये प्राजापत्यव्रत करके सौ पल (लगभग पाँच कि०ग्रा०) लोहेका दान और निराहार उपवास करे। इससे एक या तीन बारमें शरीरकी शुद्धि हो जाती है।

(५०) कण्डूरोगोपशमनव्रत (सूर्यारुण १८१)—कुत्सित पापोंके कारण कण्डु (खाज-खुजली या धरड़दाद) होता है। इसके लिये सुवर्णके लक्ष्मीनारायण और गणेशजी बनवावे और उनका षोडशोपचारसे पूजन करके यथाविधि दान और व्रत करे।

(५१) गजचर्महरव्रत (सूर्यारुण २४०)—जन्मान्तरमें गजाधिपति होकर गजको मरवा डालनेसे गजचर्मका रोग होता है। यह भी कोढ़की ही श्रेणीमें है। इसमें चर्मके ऊपर खाज और उसके नीचे अनेक चींटियोंके काटने-जैसा दर्द होता है। इसकी निवृत्तिके लिये यथाशक्ति सुवर्णके गणेशजी बनवाकर पूजन करे और उन्हींके सम्मुख बैठकर **'ॐ वक्रतुण्डाय हुं'** इस मन्त्रका प्रतिदिन दस हजार जप और एक हजार आहुति दे तथा एक ब्राह्मणको प्रतिदिन मोदक (लड्डू आदि) भोजन करवाकर स्वयं एकभुक्तव्रत करे। इस प्रकार इक्कीस दिन करके उस सुवर्णप्रतिमाका दान करे तो उससे गजचर्म मिट जाता है।

(५२) दद्रुहरव्रत (सूर्यारुण २९६)—गौ, ब्राह्मण और देवता

आदिके स्थानमें, सर्वसाधारणके बैठने-उठनेके स्थानोंमें, नद, नदी, तालाब या किसी भी जलाशयमें अथवा पुण्य करनेके स्थान, मकान या तीर्थोंमें मल-मूत्रादिका त्याग करनेसे 'दद्रु' (दाद) रोग होता है। इसकी निवृत्तिके लिये सुवर्णमय चतुर्भुज शिवजी, द्विभुज पार्वतीजी और चाँदीका नन्दिकेश्वर (नाँदिया) तथा घण्टा बनवाकर वेदपाठी ब्राह्मणसे पूजन करावे और '**सर्वेश्वराय विद्महे शूलहस्ताय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।**' अथवा '**त्र्यम्बकं यजामहे०**' या '**ॐ नमः शिवाय**' के जप और इनके दशांश हवन करके दारिद्र्यग्रस्त, धर्मज्ञ एवं परिवारयुक्त ब्राह्मणको उपर्युक्त शिव-पार्वती, नाँदिया और घण्टाका अन्य सामग्रियोंसहित दान करे। दान देते समय यह प्रार्थना करे कि '**कैलाशवासी भगवानुमया सहितः परः। त्रिनेत्रश्च हरो दद्रुरोगमाशु व्यपोहतु॥**' इसके बाद दान लेनेवालेको विदा करे।

(५३) लूताजनितरोगहरव्रत (सूर्यारुण ५७०)—अज्ञानवश सगोत्रीका वध करनेसे लूता (मकड़ी)-के विषसे उत्पन्न फोड़ा-फुंसी एवं खाज होती है। उसके उपशमनार्थ तीर्थस्थानमें जाकर स्नान-ध्यान और जप करना चाहिये।

(५४) कृष्णगुल्मोपशमनव्रत (सूर्यारुण ९४२)—पूर्वजन्मके किये हुए महिषी-वधादि पापोंसे पीड़ाकारक कृष्णगुल्म (काली गूमडी)-का रोग होता है। यदि पापाधिक्य हो तो इसकी भीषणता बहुत बढ़ जाती है और इससे प्राणान्त हो जाता है। इसकी शान्तिके लिये विधिपूर्वक भैंसका दान करे और दो कम्बल भी ब्राह्मणको दे।

(५५) अन्त्रवृद्धिविरोधकव्रत (सूर्यारुण ७७५)—यह रोग गुह्यस्थान (या उदर) आदिके अन्दर उत्पन्न होता है। इसके लिये कृच्छ्रातिकृच्छ्रव्रत करके सौ ब्राह्मणोंको भोजन करावे, महिषी

(भैंस)-का दान करे, **'उद्यन्ति०'** मन्त्रका जप और उसके दशांशका हवन एवं उपवास करे। इसके करनेसे अन्त्रवृद्धि रुक जाती है।

(५६) मेदहरव्रत (सूर्यारुण १४१)—पूर्वजन्ममें दधि-दुग्धादिके अपहरण करनेसे मेद (मांसग्रन्थि)-का रोग होता है। यह समूचे शरीरमें किसी भी जगह अत्यन्त सूक्ष्म रूपसे उत्पन्न होकर पीछे बहुत बड़ा हो जाता है और नाभि, नेत्र, मस्तक या गले आदिमें कटहलकी भाँति बढ़कर बड़ा संताप देता है। उसके निवारणके लिये व्रत करके दुग्ध-धेनुका दान करे।

(५७) श्लीपदहरव्रत (सूर्यारुण ८७)—यह रोग पाँवोंमें होता है। इससे हाथी-जैसे पाँव हो जाते हैं। एतन्निमित्त चान्द्रायण या अतिकृच्छ्र चान्द्रायण करना चाहिये।

(५८) शीर्षरोगोपशमनव्रत (अनु० प्रकाश)—गुरुजनोंके साथ विरोध या विवाद करने आदिसे शिरोरोग होते हैं। उनके लिये **'उद्यन्नद्य०'** ऋचाका जप और कूष्माण्डीका हवन करके उपवास करे अथवा सुवर्णमय यज्ञोपवीतका दान दे।

(५९) खल्वाटत्वहरव्रत (सूर्यारुण)—स्त्री हो या पुरुष; परनिन्दा करनेसे मस्तकके बाल उड़ जाते हैं। इस पापकी निवृत्तिके लिये धेनु और कम्बल दान करे।

(६०) नेत्ररोगोपशमनव्रत (मन्त्रमहार्णव)—दूसरेकी दृष्टिका नाश करने, कामान्ध होकर परस्त्रियोंको देखने और झूठे ही (बिना वैद्यक पढ़े) वैद्य बन जाने आदिसे अथवा गर्मीसे संतप्त* होकर जलस्नान करने, दूरकी वस्तु देखने, दिनमें सोकर रातमें जागने, नेत्रोंमें बाफ या पसीना गिरने, धूल पड़ने या धुआँ लगने

---

* उष्णाभितप्तस्य जलप्रवेशाद् दूरेक्षणात् स्वप्नविपर्ययाच्च।
स्वेदाद् रजोधूमनिषेवणाच्चेति, (माधव)

आदि कारणोंसे नेत्ररोग होते हैं। उन्हें दूर करनेके लिये चान्द्रायण और पराकव्रत करके '**ॐ वर्चोदा असि वर्चो मे देहि।**' इस मन्त्रका जप करे और घीमें कुछ सुवर्ण डालकर अग्निमें घीकी आहुति दे तथा सुवर्ण सत्पात्रको दे दे; फिर लाल शर्करा, गोधूम तथा घीके बने हुए पदार्थका एक बार भोजन करे अथवा 'सूर्यारुण ९३३' के अनुसार कुरुक्षेत्र-जैसे तीर्थमें जाकर घृत-धेनुका दान करे।

(६१) रात्र्यन्धत्वहरव्रत (सूर्यारुण १२८)—जन्मान्तरमें दूसरेका उच्छिष्ट भोजन करने अथवा विडालादिका खाया हुआ खानेसे रात्र्यन्धत्व (रतौंधी) होता है। इसकी निवृत्तिके लिये यथारुचि गोमूत्र पीये और ब्राह्मणोंको भोजन करावे। इस प्रकार एक-दो या तीन बार करे। यदि स्त्रीके रतौंधी हो तो उसको भी गोमूत्र-पान करना चाहिये।

(६२) नेत्रपूयहरव्रत (कर्मविपाकसंग्रह)—मैथुननिरत मिथुनके निरीक्षणसे नेत्रोंमें पूयरोग हो जाता है। उससे आँखोंमें चेप, पानी या गीड़ आता रहता है और उनके कोये फूल जाते हैं। इनके लिये यथाशक्ति जप, होम और व्रत करके सुवर्णमयी सूर्यप्रतिमाको त्रिपादी (तिपायी)-पर सुस्थिर करके रखे तथा गन्धाक्षत-पुष्प और दूध डाले हुए शुद्ध जलसे ताँबाका कलश भरकर सूर्यमूर्तिको स्नान करावे। इस प्रकार एक हजार कलश चढ़ावे और प्रति कलशके साथ '**ज्योतिःप्रदाय सूर्याय नमः**' बोलता रहे अथवा आदित्यहृदयका पाठ करता रहे। इस प्रकार सहस्र कलशोंद्वारा अभिषेक करनेके पश्चात् ब्राह्मणोंको भोजन करावे।

(६३) नेत्रगतसर्वरोगोपशमनव्रत (चाक्षुषी विद्या)—नेत्रज्योति कम हो जाने, दृष्टिमें दोष आ जाने, फूला, चौंधिया या आधाशीशी आदिसे नेत्रोंमें खराबी आ जाने आदिकी निवृत्तिके

लिये '**नेत्रोपनिषद्**'* के एक हजार पाठ करवाकर सूर्यनारायणकी उपासना और रविवारका व्रत करना चाहिये।

(६४) **नेत्रादिसर्वरोगहरव्रत** (शौनकव्याख्या)—ताँबेके पात्रको जलसे पूर्ण करके उसमें लाल चन्दन और लाल पुष्प तथा लाल अक्षत डाले और उस जलसे अर्घा अथवा दोनों हाथोंकी अंजलि भरकर '**ॐ उद्यन्नद्य मित्रसह सूर्यं तर्पयामि १**' यह मन्त्र बोलकर सूर्यके सम्मुख छोड़ दे। इसी प्रकार '**ॐ आरोहन्नुत्तरां दिशं सूर्यं तर्पयामि २, ॐ हृद्रोगं मम सूर्य सूर्यं तर्पयामि ३, ॐ हरिमाणं च नाशय सूर्यं तर्पयामि ४, ॐ शुकेषु हरिमाणं सूर्यं तर्पयामि ५, रोपणाकासु दध्मसि सूर्यं तर्पयामि ६, अथो हारिद्रवेषुवे सूर्यं तर्पयामि ७, ॐ हरिमाणं निदध्मास सूर्यं तर्पयामि ८, ॐ उदगादयमादित्यः सूर्यं तर्पयामि ९, ॐ विश्वेन सहसा सह सूर्यं तर्पयामि १०, ॐ द्विषन्तं मह्यं रंधयन् सूर्यं तर्पयामि ११, ओमोमहं द्विषतेरधं सूर्यं तर्पयामि १२।**'

---

* 'नेत्रोपनिषद्' अथातश्चाक्षुषीं पठितसिद्धविद्यां चक्षूरोगहरां व्याख्यास्यामो यया चक्षूरोगाः सर्वतो नश्यन्ति। चक्षुषो दीप्तिर्भवति। अस्याश्चाक्षुषविद्याया अहिर्बुध्न्य ऋषिः, गायत्रीच्छन्दः, सविता देवता, चक्षूरोगनिवृत्तये जपे विनियोगः। ॐ चक्षुश्चक्षुश्चक्षुस्तेजः स्थिरो भव। मां पाहि पाहि। त्वरितं चक्षूरोगान् शमय शमय। मम जातरूपं तेजो दर्शय दर्शय। यथाहमन्धो न स्यां तथा कल्पय कल्पय। कल्याणं कुरु कुरु। यानि मम पूर्वजन्मोपार्जितानि चक्षुःप्रतिरोधकदुष्कृतानि तानि सर्वाणि निर्मूलय निर्मूलय। ॐ नमश्चक्षुस्तेजोदात्रे दिव्याय भास्कराय। ॐ नमः करुणाकरायामृताय। ॐ नमः सूर्याय। ॐ नमो भगवते सूर्यायाक्षितेजसे नमः। खेचराय नमः। महते नमः । रजसे नमः। तमसे नमः। असतो मा सद् गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय। उष्णो भगवान् शुचिरूपः। हंसो भगवान् शुचिरप्रतिरूपः। य इमां चाक्षुष्मतीं विद्यां ब्राह्मणो नित्यमधीते न तस्याक्षिरोगो भवति। न तस्य कुलेऽन्धो भवति। अष्टौ ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा विद्यासिद्धिर्भवति। ॐ विश्वरूपं हरिणं जातवेदसं हिरण्मयं ज्योतीरूपं तपन्तं। सहस्ररश्मिभिः शतधा वर्तमानः पुरःप्रजानामुदयत्येष सूर्यः। 'ॐ नमो भगवते आदित्याय अवाग्वादिने स्वाहा।' इति। (कृ० य० चाक्षुषोप०)

इनके उच्चारणसे सूर्यके सम्मुख जल छोड़े। इसके पीछे उपर्युक्त '**उद्यन्नद्य**[१] **मित्रसह आरोहन्नुत्तरां दिशं सूर्यं तर्पयामि।**' कहकर सूर्यके सम्मुख जल छोड़े। इस प्रकार दो-दोके उच्चारणसे दूसरी बार और फिर उक्त '**उद्यन्नद्य०**' आदि चार-चार पदके एक-एक करके '**सूर्यं तर्पयामि**' कहते हुए तीसरी बार जल छोड़े। इसमें पहलेमें बारह, दूसरेमें छः और तीसरेमें तीन जलांजलि दी जाती है। ये सम्पूर्ण तीन ऋचा हैं। जिनके बारह पदोंसे बारह, दो-दोके युगलसे छः और चार-चारके पूरे मन्त्रसे तीन जलांजलियाँ दी जाती हैं। इस तर्पणसे नेत्रसम्बन्धी सर्वरोगोंका शमन तो होता ही है, श्रद्धाके साथ पाद-ऋचाओंसे बारह बार, अर्धऋचाओंसे दस बार, सर्वऋचाओंसे तीन बार, सार्धऋचासे दो बार और तीनों ऋचाओंसे एक बारकी कुल चौबीस जलांजलि देकर तर्पण करनेसे नेत्ररोग, ज्वररोग, विस्फोटक और सर्पविषतक दूर हो जाते हैं। परंतु यह ध्यान रखना आवश्यक है कि सामान्य या कठिन—जैसा रोग अथवा विष हो उसीके अनुसार[२] अट्ठाईस या एक सौ आठ बार तर्पण करे।

(६५) **एकाक्षिगतनेत्ररोगोपशमनव्रत** (मुक्तकसंग्रह) एक नेत्रके दृष्टिदोषकी शान्तिके लिये रजतमय शुक्रमूर्तिका गन्धाक्षतादिसे पूजन करके तत्समीपमें बैठकर '**शुक्रज्योतिश्च०**' इस ऋचाका एक सहस्र बार जप करके इसी मन्त्रसे पलाशकी समिधाओंको गायके घीमें डुबोकर उनकी एक सौ आहुति दे और हविष्यान्न (जौ, गेहूँ या चावल)-का एक समय भोजन करे। इस प्रकार

---

१. उद्यन्नद्येति मन्त्रोऽयं सौरः पापप्रणाशनः।
रोगघ्नश्च विषघ्नश्च भुक्तिमुक्तिफलप्रदः॥ (शौनक)

२. 'अस्य सकलस्यापि तर्पणप्रयोगस्य व्याध्यनुसारेणा-ष्टाविंशतिरष्टोत्तरशतमित्याद्यावृत्तिः कल्पनीया।' (अनु० प्रकाश)

इक्कीस, इक्यावन या सौ व्रत करनेसे एक नेत्रके रोगकी शान्ति होती है।

(६६) **कर्णरोगोपशमनव्रत** (मन्त्रमहार्णव)—माता, पिता और गुरु तथा गौ, ब्राह्मण और देवता इनकी निन्दा सुननेसे कर्णरोग होता है। उसकी निवृत्तिके लिये चार कृच्छ्रव्रत करके सौरमन्त्र (पूर्वोक्त '**उद्यन्नद्य०**' इन तीनों ऋचा)-के जप और उसके दशांशका हवन करके ब्राह्मणोंको भोजन करावे तथा सुवर्णसहित लाल वस्त्रोंका दान करे।

(६७) **बधिरत्वहरव्रत** (सूर्यारुण ३२१, १६६३)—पूर्वजन्ममें अपनी पत्नीकी माता (सास)-को मारनेसे दूसरे जन्ममें बधिरत्व (बहरापन) प्राप्त होता है। उसके लिये चान्द्रायणव्रत करके सुवर्णसहित पुस्तकका दान करनेसे बधिरत्व दूर होता है।

(६८) **नासारोगहरव्रत** (मन्त्रमहार्णव)—लवणादिका अपहरण करनेके पापसे नाकके रोग होते हैं; उनके उपशमनार्थ '**उद्यन्नद्यादि०**' तीनों ऋचाओंका एक सौ आठ आहुति देकर ब्राह्मणको भोजन करावे और स्वयं गोदान करे।

(६९) **मुखरोगहरव्रत** (महार्णव)—झूठी गवाही देनेसे मुखमें रोग होते हैं। इनकी शान्तिके लिये कृच्छ्रातिकृच्छ्र चान्द्रायणव्रत करके गायत्रीके अयुत (दस हजार) जप और कूष्माण्डीका हवन करे तथा चावलोंका दान करके भात खाकर एकभुक्त व्रत करे।

(७०) **मूकत्वहरव्रत** (सूर्यारुण २०१)—पूर्वजन्ममें भाईकी हत्या और विद्वानोंसे विवाद करनेके पापसे मनुष्य मूक (गूँगा) होता है। इसके निमित्त माघशुक्ला पंचमी या पूर्णिमाको प्रात:स्नानादिके पश्चात् चौकीपर अष्टदल कमल लिखे और उसके ऊपर षट्शास्त्रोंसहित ऋगादि चारों वेदोंकी स्थापना करके उनका पंचोपचारसे पूजन करावे। फिर चार या छः अथवा दस

ब्राह्मणोंको मीठे पकवान भोजन कराकर उन्हें यथायोग्य पूजित पुस्तकें अर्पण करे। इस व्रतमें पूजाके प्रारम्भका संकल्प तथा मन्त्रोंका उच्चारण मूकके पिता या आचार्यको करना चाहिये।

(७१) कण्ठगतरोगहरव्रत (सूर्यारुण ११६)—लोगोंको लोभवश ठगने या जलाशयके समीपमें बैठे हुए बगुलोंको मारनेसे उत्पन्न हुए कण्ठरोगकी शान्तिके लिये सफेद रंगकी पयस्विनी गौका दान करना चाहिये; इससे आरोग्य-लाभ होता है।

(७२) दुर्गन्धनाशकव्रत (सूर्यारुण ६९०)—मोहवश माक्षिक मधु (शहद)-का हरण करने या मधुका क्रय-विक्रय करनेसे मुखमें अथवा सर्वांगमें दुर्गन्ध होती है। उसकी शान्तिके लिये अमावस्या, पूर्णिमा या व्यतीपातादिके दिन मधु-धेनुका दान करके उपवास करे।

(७३) अपस्मारहरव्रत (महार्णव)—गुरु तथा मालिकके प्रतिकूल आचरण करने आदिसे अपस्मार (मृगी) रोग होता है। इसकी निवृत्तिके लिये चान्द्रायणव्रत करके '**सदसस्पति०**' मन्त्रसे चरु और घीकी आहुति दे अथवा '**कया नश्चित्र०**' मन्त्रसे दस हजार बार आहुति और एक सौ जलांजलि (तर्पण) करे।

(७४) भगन्दररोगोपशमनव्रत (पद्मपुराण)—जो मनुष्य धर्मकी शपथके साथ लोक-कल्याणकारी कर्मका आरम्भ करके उसमें बाधा उपस्थित होनेके लिये अधर्मकारी काम करे या अपने गोत्रकी स्त्रीके साथ प्रसंग करे, उसको भगन्दर रोग होता है। इसके निमित्त मेष (मेंढा)-का विधिपूर्वक दान करके एकभुक्त व्रत करना चाहिये।

(७५) भगन्दरहरदानव्रत (सूर्यारुण ८५)—माघ या वैशाखके शुक्लपक्षमें सप्तमी रविवारको प्रातःस्नानादि करनेके पश्चात् आकके पत्तेके आसनपर बैठकर सूर्याभिमुख हो यथाशक्ति सोना,

चाँदी या ताँबेके पात्रमें गायका घी भरे और उसमें यथासम्भव माणिक्य आदि रत्नोंके कण डालकर गन्धादिसे पूजन करे। पीछे सूर्यादि ग्रहोंके मन्त्रोंसे आठ, अट्ठाईस या एक सौ आठ आहुति देकर उक्त घृतपूर्ण पात्रका दान करे। दान देते समय '**आदित्यादिग्रहाः सर्वे नवरत्नप्रदानतः। विनाशयन्तु मे दोषान् क्षिप्रमेव भगन्दरम्॥**' इस मन्त्रको पढ़े।

(७६) **गुदरोगहरव्रत** (सूर्यारुण १७५)—रोगीको चाहिये कि वह श्रावण शुक्ल प्रतिपद्से भाद्रपदी अमावास्यापर्यन्त या अन्य किसी भी सुअवसरमें एक मासतक विष्णु और शिवका वेदोक्त मन्त्रोंसे षोडशोपचारोंद्वारा पूजन करे, गौका दान दे और प्राजापत्यव्रत करके सुपूजित मूर्ति वेदवेत्ता विद्वान्‌को अर्पण करे। इस प्रकार करनेसे गुदामें या उसके आसपास होनेवाले रोग शान्त हो जाते हैं।

(७७) **पंगुत्वहरव्रत** (सूर्यारुण ५१८)—पूर्वजन्ममें कुक्कुट (मुर्गा) आदिके मारनेवाले मनुष्य पंगु होते हैं। उनको चाहिये कि वे सुवर्णादिका दान करके पक्षियोंका पालन करें।

(७८) **पंगुरोगहरव्रत** (सूर्यारुण १३३२)—यदि पूर्वजन्ममें शृगाल (गीदड़)-की हत्या की गयी हो तो दूसरे जन्ममें हत्यारे मनुष्यको पंगु होना पड़ता है। उस हत्याके पापसे छुटकारा पानेके लिये सुवर्णयुक्त घोड़ेका दान और व्रत करे।

(७९) **कुब्जत्वहरव्रत** (सूर्यारुण १६५०)—जन्मान्तरमें किये हुए शश, मृग या मूषकादिके घातजन्य पापसे मनुष्योंको कुब्जत्व प्राप्त होता है। इस दोषको दूर करनेके लिये व्रत करके विधिपूर्वक सोपस्कर (वस्त्राभूषणादिसहित) शय्याका दान करे।

(८०) **कुनखत्वहरव्रत** (सूर्यारुण २६२)—सुवर्णका अपहरण

करनेसे कुनख रोग होता है। उसकी निवृत्तिके निमित्त कार्तिक मासमें चान्द्रायणव्रत और राममन्त्रके जप करने चाहिये।

(८१) **दन्तहीनत्वदोषहरव्रत** (सूर्यारुण १८७१—१८७५)—किसी जन्ममें वराहकी हत्या करनेसे मनुष्योंको दन्तहीनत्व दोष प्राप्त होता है। उस पापकी निवृत्तिके लिये घीमें यथाशक्ति सुवर्ण डालकर उसका दान करे या ताँबाके कलशको घृतपूर्ण करके गरीबको दे।

(८२) **शीर्षव्रणहरव्रत** (सूर्यारुण १९१९)—जन्मान्तरमें नारिकेल (नारियल या श्रीफलों)-के अपहरण करनेसे मुखमण्डलको शोभाहीन बनानेवाला शीर्षव्रण होता है। उसके निवारणके निमित्त शिवजीके मन्दिरमें जाकर उनका यथाविधि पूजन करे और नारियलका फल चढ़ावे। इसी प्रकार पार्वतीजीकी भी यथावत् पूजा करे। फिर हाथ जोड़कर '**यन्मया नारिकेलानि हृत्वा पापमुपार्जितम्। अर्चितो भगवान् रुद्रो भवान्या भयभंजनः॥ यथाशक्ति च दानाद्यैर्भवन्तोऽपि च पूजिताः। कर्मणानेन मे नाशमुपैतु शिरसो व्रणः॥**' इस मन्त्रसे प्रार्थना करके फलाहार करे।

(८३) **शेफसव्रणहरव्रत** (सूर्यारुण १९२०)—म्लेच्छ-स्त्रियोंमें अभिगमन करनेसे इन्द्रियके अग्रभागपर शूकोत्थ (इन्द्रियको दीर्घ करनेवाला दुष्टव्रण) होता है। इसके होनेसे शुक्र, मूत्र और पुरीषादिके त्यागमें बड़ी असुविधा होती है। भरतने लिखा है कि रेतस्स्रावके समय शेफससंचित जलस्राव हो जाता है। इस अनिष्टकर व्रणको दूर करनेके लिये शुक्लपक्षकी द्वादशीको सूर्योदयसे पहले किसी स्वच्छ जलवाले जलाशयपर जाकर प्रातःस्नानादि करनेके अनन्तर हाथमें जल, फल और गन्धाक्षत लेकर '**मम तिलजीतिप्रसिद्धशूकोत्थशेफसव्रणनिरसनपूर्वकं**

मेढरगतसर्वरोगप्रशान्तये च श्रीवरुणदेवमहं पूजयिष्ये।' इस प्रकार संकल्प करके वरुणका यथाविधि पूजन करे और यजुर्वेदके विद्वान् ब्राह्मणको गौ देकर फलाहारपूर्वक व्रत करे।

(८४) **योनिगतव्रणहरव्रत** (मन्त्रमहार्णव)—पतिके परलोकवासके पश्चात् जो स्त्रियाँ परपुरुषके साथ सहवास करती हैं, उनके उसी या दूसरे जन्ममें मूत्रद्वारमें ऐसा व्रण होता है जिससे सहवासके अनन्तर उनको बड़ी पीड़ा होती है। इस पापकी शान्तिके लिये नील वृषका दान करके घी, तिल और शर्कराका हवन करे।

(८५) **स्त्रीस्तनस्फोटकहरव्रत** (ऋग्वेदविधान)—पतिकी उपस्थितिमें परपुरुषसे प्रेम करनेके पापसे परिणाममें उसके स्तनपर फोड़ा और मूत्रद्वारसे रक्तस्राव होता है। उसकी शान्तिके लिये पाँचों लवण (सेंधा, साँभर, विड, संचर और श्याम), हल्दी, धान्य और वस्त्रादिके साथ सुपूजित गौका दान करे।

(८६) **वातकृतरक्तस्रावहरव्रत** (वृद्धबौधायन)—सवर्णामें गमन करनेसे वातकृतरक्तस्राव होता है। उसके लिये छः वर्षोंतक कृच्छ्रव्रत करना चाहिये।

(८७) **गर्भस्रावहरव्रत** (शातातप)—पूर्वजन्ममें दूसरी स्त्रियोंके गर्भस्राव कराकर भ्रूणहत्या करानेके पापसे स्त्रियोंके गर्भस्राव होता है। उसके लिये सोनेका यज्ञोपवीत बनवाकर दान दे।

(८८) **सुतहीनत्वदोषहरव्रत** (सूर्यारुण ९६)—पराये पुत्रोंका प्राणान्त करनेके पापसे पुत्रहीनता प्राप्त होती है। इसकी निवृत्तिके लिये सोनेके पात्रमें सगर्भा स्त्रीका चित्र बनवाकर उसका पूजन करे और '**आर्यामेनां च सौवर्णीं वस्त्राढ्यां विधिदैवताम्। ददेऽहं विप्रमुख्याय पूजिताय विधानतः॥ गर्भपातनजाद्दोषात्पूर्वपापविशुद्धये।**' इसका उच्चारण करके सत्पात्रको दे। इसके

अतिरिक्त गायत्री अथवा त्र्यम्बक मन्त्रके पचीस सौ जप और व्रत करनेके अनन्तर हवन और ब्राह्मण-भोजन करावे।

(८९) **वन्ध्यात्वहरगौरीव्रत** (सूर्यारुण १७४, ३४७, ३८८)—यदि ब्राह्मणी होकर वैश्यके साथ या वैश्या होकर शूद्रके साथ सहवास करे तो वह दूसरे जन्ममें वन्ध्या होती है। इस पापकी शान्तिके लिये मार्गशीर्ष शुक्लपक्षमें प्रतिपदासे प्रारम्भ करके सोलह दिनतक गौरीपूजनके साथ एकभुक्तव्रत करे तथा '**वन्ध्यत्वहरगौर्यै नमः**' इस मन्त्रका प्रतिदिन सोलह हजार जप करे। तत्पश्चात् समाप्तिके दिन तिल-तैलपूर्ण सोलह दीपक जलाकर गौरीके सम्मुख रख दे और रातमें जागरण करे। फिर दूसरे दिन सोलह दम्पती (ब्राह्मण-ब्राह्मणी)-को भोजन करवाकर सोलह सौभाग्याष्टक दान करे।

(९०) **षण्ढत्वहरव्रत** (सूर्यारुण २४३)—अविवाहिता षोडशवर्षीया कुमारिकाके साथ बलात्कार करनेसे मनुष्य षण्ढ (हींजड़े) होते हैं। उनको चाहिये कि वे प्रतिदिन बाणलिंग (नर्मदेश्वर)-का पूजन करके व्रत करें।

(९१) **उन्मादरोगहरव्रत** (सूर्यारुण २२७—२३३)—यदि पुरुष यौवनसे उन्मत्त होकर अबलाओंपर बलात्कार करे या स्त्री स्वच्छन्दरूपमें रहकर सर्वत्र विचरे तो उन्माद रोग (पागलपन) होता है। इसकी निवृत्तिके लिये व्रत करके सुवर्णके ब्रह्माजीका और ताँबेके मृगका पूजन करे। साथ ही गायत्रीका जप तथा हवन करे।

(९२) **जालन्धररोगहरछायापात्रविधानव्रत** (कर्मकौस्तुभ)—चौंसठ पलके परिमाणवाले कांस्यपात्रको घृतसे पूर्ण करके उसमें सुवर्णके कण डाल दे; फिर उस घीमें अपने सम्पूर्ण शरीरकी छायाको देखकर उसका दान करे। देते समय '**आयुर्बलं यशो**

वर्च आज्यं स्वर्णं तथामृतम्। आधारं तेजसां यस्मादतः शान्तिं प्रयच्छ मे॥' इस मन्त्रका उच्चारण करे। इसके बाद व्रत करके यथाशक्ति दुग्धपानकर उपवास करे।

(९३) सर्वव्याधिहरव्रत (शातातपादि)—श्रेष्ठ पात्रमें उत्तम श्रेणीके चावल भरकर उसे वस्त्रसे ढक दे। फिर उसमें हर प्रकारकी व्याधियोंके उपस्थित होनेकी भावना करके उनका गन्ध-पुष्पादिसे पूजन करे। साथ ही विद्वान् ब्राह्मणका पूजन करके उस तण्डुलसे भरे हुए पात्रको श्रद्धाके साथ उसे दान दे, उस समय '**ये मां रोगाः प्रबाधन्ते देहस्थाः सततं मम। गृह्णीष्व प्रतिरूपेण तान् रोगान् द्विजसत्तम॥'** इस श्लोकका उच्चारण करे। तदनन्तर प्रतिग्राहीको यथाशक्ति वस्त्राभूषण, भोजन और दक्षिणा आदि देकर विदा करे। इससे सम्पूर्ण रोग शान्त होते हैं।

(९४) प्रसवपीडाहरव्रत (संस्कारप्रकाश)—पलाशपत्रके दोनेमें एक पल (लगभग ४५ ग्राम) तिलका तैल भरकर दूर्वाके इक्कीस पत्रोंद्वारा प्रदक्षिण-क्रमसे उसका आलोडन करे (दूर्वांकुरोंको तैलमें घुमावे)। उस समय प्रत्येक बारके आलोडनमें '**हिमवत्युत्तरे पार्श्वे शबरी नाम यक्षिणी। तस्या नूपुरशब्देन विशल्या स्यात्तु गर्भिणी॥'** इस मन्त्रका उच्चारण करता रहे। इक्कीस बार जप हो जानेपर उसमेंसे थोड़ा-सा तैल गर्भिणीको पिलावे और स्वयं उपवास करके उक्त मन्त्रका जप करे। इससे सुखपूर्वक प्रसव होता है और गर्भावस्थाकी पीड़ा मिट जाती है।

लोकहितकरव्रत

(९५) अनावृष्ट्युपशमनविधानव्रत (शारदातिलक)—किसी भी शुभ दिनमें विद्वान्, सदाचारी और सत्कर्मोंका अनुष्ठान करनेवाले वयोवृद्ध ब्राह्मणोंको बुलाकर उनका षोडशोपचारसे पूजन करे। फिर उनके समक्ष वस्त्राच्छादित वेदीपर अष्टदल

कमलके मध्यभागमें सूर्यकी, उसके पूर्वमें इन्द्रकी और पश्चिममें वरुणकी स्थापना करके उनका षोडशोपचारद्वारा पूजन करे, फिर उपस्थित ब्राह्मणोंसे अनावृष्टिहर और सद्योवृष्टिकर उत्तम अनुष्ठान करनेकी प्रार्थना करे। तब धर्मप्राण यजमानकी प्रार्थनाको सफल करनेकी दृढ़ आशा हृदयमें रखकर सम्पूर्ण अनुष्ठानी ब्राह्मण अपने आसनोंपर बैठकर '**ॐ ध्रुवा सुत्वा स क्षितिषु**[१] **क्षियंतो व्यस्मत्पाशं**[२] **वरुणो मुमोचत्**[३]। **अवोवन् माना आदि**[४] **तेरुपस्थाद्युयं पात**[५] **स्वस्तिभिः सदा नः ॥**[६]' इस मन्त्रके अंगन्यासादिपूर्वक एक लाख जप करे। अंगन्यास और करन्यासादिमें उक्त ऋचाके जो छः खण्ड हैं, उन्हींसे क्रमशः १ हृदय, २ सिर, ३ शिखा, ४ दोनों भुजा, ५ दोनों नेत्र और ६ दोनों हाथोंका स्पर्श करे। अन्तिम यानी छठे खण्ड—'**स्वस्तिभिः सदा नः**' का उच्चारण करके '**अस्त्राय फट्**' कहते हुए ताली बजानी चाहिये। यही अंगन्यास है। इसी प्रकार १ अंगुष्ठ, २ तर्जनी, ३ मध्यमा, ४ अनामिका, ५ कनिष्ठा और ६ करतल एवं करपृष्ठोंका स्पर्श करे। यह करन्यास है। इसके अतिरिक्त उक्त '**ध्रुवा सुत्वा०**' मन्त्रके बयालीस वर्णोंमेंसे एक-एक वर्णसे सर्वांगन्यास करके ध्यान करे। ध्यान यह है—'**चन्द्रप्रभं पंकजसंनिषण्णं पाशांकुशाभीतिवरं दधानम्। मुक्ताविभूषांचितसर्वगात्रं ध्यायेत् प्रसन्नं वरुणं विभूत्यै ॥**' इस प्रकार ध्यान करनेके पश्चात् पाँच, सात, नौ या तेरह ब्राह्मण एकाग्रचित्त होकर जप करें और एक, पाँच या चौबीस लाख जितना जप करना हो उसका हिसाब लगाकर प्रतिदिन उसी प्रमाणसे जप करते हुए नियत दिनोंतक अनुष्ठान करें। अनुष्ठानके दिनोंमें भूशयन और ब्रह्मचर्यका पालन करते हुए क्रोधादिका त्याग करें। प्रतिदिन एकभुक्त (किसी एक ही पदार्थका) या एकभुक्त (एक बार) भोजन करें।

(१६) वृष्टिप्रदव्रत (बृहद्दृग्विधान)—उस मनुष्यको धन्य कहना चाहिये जिसके धन-रत्नादिसे भरे हुए सौ ऊँट, सौ ऊँटनी, पुत्र, पत्नी और पुत्रवधू आदि सभी एक-एक करके बाढ़में बह गये तो भी उसने वर्षाके विषयमें यही कहा कि *'वर्षा तो बरषी भली, होनी हो सो होय।'* वास्तवमें संसारके जितने भी पदार्थ और प्राणी हैं, वे रातभरकी वर्षासे ही सस्ते, सुलभ और सुखी हो जाते हैं तथा अवसरपर वर्षा न होनेसे ही सब महँगे, दुर्लभ और दुःखी हो जाते हैं। अतः वृष्टिके निमित्त नियमपालनपूर्वक व्रत-विधानादिका करना-कराना नितान्त आवश्यक है। व्रतीको चाहिये कि वह जलद अथवा वारुणयोगमें प्रातःस्नानादि करके गीले वस्त्र धारण किये सूर्यके सम्मुख शुभासनपर बैठे। काम-क्रोधादिका त्याग करे तथा ब्रह्मचर्यका पालन और भूशयन करते हुए निराहार रहे। यथोचित वर्षाके अतिशीघ्र होनेकी आशा, विश्वास और अनुरागको अपने अन्तःकरणमें सुस्थिर करके हाथमें जल, फल, गन्धाक्षत और पुष्प लेकर **'मम समस्तलोकोपकारकामनासिद्ध्यर्थं वृष्टिप्राप्तये ऋग्वेदीय 'अच्छावदेति०' सूक्तस्यानुष्ठानमहं करिष्ये।'** यह संकल्प करके १ **'अच्छावदत०'**, २ **'विवृक्षान्हन्ति०'**, ३ **'रथीव कशया०'**, ४ **'प्रवाता वान्ति०'**, ५ **'यस्य व्रते०'**, ६ **'दिवो नो वृष्टिं०'**, ७ **'अभिक्रन्दस्तनय०'**, ८ **'महान्तं कोश०'**, ९ **'यत्पर्जन्य कनिक्रदत्०'** और १० **'अवर्षीर्वर्ष०'** इस सूक्तसे अथवा इसकी प्रत्येक ऋचासे अयुतवेतसी (आम्लवेत जिसको कुछ लोग जलबेत कहते हैं)-की दस हजार समिधाओंको, जिनकी लम्बाई एक बित्तेसे कम न हो, घी और दूधमें प्लावित करके सूक्त अथवा ऋचाके साथ-साथ **'पर्जन्याय स्वाहा'** कहकर हवन करे। इस प्रकार भूख-प्यास और जागरणका कष्ट सहन करते हुए

अथक परिश्रम और उत्साहसे युक्त होकर (अधिक-से-अधिक) पाँच राततक जप और हवन करे। यदि हो सके तो आप अकेले ही सारी रात जागकर अनुष्ठान करें, न हो सके तो तीन अन्य व्यक्तियोंको सहायक बना ले। एक-एक आदमी एक-एक प्रहर अनुष्ठानमें लगे रहें। इस प्रकार पाँच राततक अखण्ड अनुष्ठान चालू रखे। ऐसा करनेसे निश्चय ही भारी वृष्टि होती है। (उपर्युक्त सूक्त अथवा इसकी दस ऋचाएँ तथा पहले भी जो मन्त्र अथवा ऋचाएँ आयी हैं उनको विस्तारभयसे यहाँ संकेतरूपमें लिखा गया है। यदि किसीको इस समय इन मन्त्रोंकी आवश्यकता हो तो वे ऋग्वेद, यजुर्वेद, अनुष्ठानप्रकाश और वीरसिंहावलोकनमें, जो बंबई वेंकटेश्वरप्रेस आदिमें मिल सकते हैं, इनका अवलोकन करें।)

(९७) **महामारीशमनविधानव्रत** (ब्रह्मवैवर्त)—राजाओंके किये हुए महापापोंके प्रभावसे प्रजामें महामारी-जैसे दारुण और असहनीय उपद्रव हुआ करते हैं, उनके उपशमनार्थ स्वयं राजा या सम्पूर्ण प्रजा अथवा कोई भी धर्मप्राण महापुरुष अकेला या सामूहिक रूपसे अनुष्ठान करे। ऐसा अनुष्ठान नगर, ग्राम या बस्तीके मध्यभागमें होना चाहिये अथवा सद्गृहस्थ पुरुष अपने-अपने घरोंमें ही अनुष्ठान कर सकते हैं। इसके लिये नृसिंह-पुराणके अनुसार 'नृसिंहमन्त्र' के जप, अनुष्ठानप्रकाशादिके अनुसार महामृत्युंजयजप; सौ हजार या दस हजार दुर्गापाठ; रुद्र, अतिरुद्र और महारुद्रादिके विधान; भैरव-भैरवी आदिकी उपासना; चौराहोंमें तिल, घी, चीनी और अमृता आदि विषघ्न ओषधियोंका एक लक्ष हवन, नौ दिनोंतक श्रीराम-नाम-कीर्तन, यथाशक्ति दान, धर्म और ब्राह्मण-भोजन आदि उपाय बतलाये गये हैं। इनके अनुष्ठानसे महामारी या महोग्रज्वर आदिके उपद्रव शान्त

होते हैं। इस विषयमें 'सुश्रुत' का सिद्धान्त सर्वोत्तम प्रतीत होता है। उसने कहा है कि '**देशत्यागाज्जपाद्धोमान्महामारी प्रशाम्यति**'[१] इसी प्रकार प्लेगके विषयमें देवीभागवतके प्रसिद्ध टीकाकार नीलकण्ठ आचार्यने लिखा है कि—'**मूषकं पतितोत्थं च मृतं दृष्ट्वा च यद् गृहे। तद् गृहं तत्क्षणं त्यक्त्वा सकुटुम्बो वनं व्रजेत्॥**'[२] इन सबमें नियमानुसार रहना और ईश्वरका स्मरण करना सर्वोत्कृष्ट है।

(९८) सर्वरोगनाशक धर्मराजव्रत (मन्त्रमहोदधि)—कोई भी रोग किसी भी औषधोपचारसे शान्त न हुआ हो तो प्रातःस्नानादिके पश्चात् पवित्रावस्थामें रहकर '**ॐ क्रौं ह्रीं आं वैवस्वताय धर्मराजाय भक्तानुग्रहकृते नमः**' इस मन्त्रका पूर्णतया अभ्यास करके मन-ही-मन अखण्ड जप करता रहे; इससे सम्पूर्ण पाप, ताप और रोग दूर होते हैं।

(९९) सर्वरोगहर चित्रगुप्तव्रत (मन्त्रमहोदधि)—'**ॐ नमो विचित्राय धर्मलेखकाय यमवाहिकाधिकारिणे मृत्युं जन्म संपत्प्रलयं कथय कथय स्वाहा।**' इस मन्त्रका दस हजारसे अधिक जप करनेपर हर प्रकारके रोग-दोषादि शान्त होते हैं।

(१००) कलिमलहर श्रीकृष्णव्रत (सूर्यारुण ३०९)—जिस वर्षमें भाद्रपदकी कृष्णाष्टमी अर्धरात्रव्यापिनी हो और उसके साथ बुधवार, रोहिणी-नक्षत्र तथा शुभ योग हो, उस वर्षके उस पावन पर्वके दिन प्रातःकाल तीर्थादिके जलसे या कुएँके तुरंत निकाले हुए पानीसे स्नान करके संध्या-वन्दनादि

१- जहाँ महामारी फैली हो उस स्थान या गाँवको छोड़कर हट जाने और जप तथा हवन करनेसे महामारी शान्त हो जाती है।

२- जिस घरमें चूहेको गिरकर—उछलकर प्राण-त्याग करते देखा जाय, उसे छोड़कर कुटुम्बसहित वनमें (शून्य स्थानमें) चले जाना चाहिये।

नित्यकर्म करनेके पश्चात् उपवास करके '**ॐ क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय नमः।**' इस मन्त्रका दिनभर मानस जप करता रहे और सायंकालमें श्रीकृष्णका उत्साहपूर्वक उत्सव करके गायन, वादन और नर्तन करके जागरण करे। फिर दूसरे दिन व्रतका विसर्जन करके पारणा करे तो इस व्रतके प्रभावसे भवसागरसम्भूत सम्पूर्ण बाधाएँ और पापसम्भूत सम्पूर्ण रोग-दोष शान्त होकर अपूर्व सुख-सौभाग्यादिकी प्राप्ति होती है।

पापसम्भूतसर्वरोगार्तिहरव्रत समाप्त

पाँच पुत्रप्रद व्रत

(१) गो-पूजन—किसी सौभाग्यवतीको पुत्र न होता हो तो वह कार्तिक, मार्गशीर्ष या वैशाखके शुक्ल पक्षमें पहले गुरुवारको गो-पूजन प्रारम्भ करे। प्रातःकाल नित्यकृत्यसे निवृत्त होकर अपनी या परायी किसी भी गौको मकानके प्रांगणमें पूर्वाभिमुख खड़ी करके स्वयं उत्तराभिमुख होकर शुद्ध जलसे उसका पादप्रक्षालन करे। फिर उसके ललाटको धोकर मध्यमें रोलीका टीका लगावे और अक्षत चढ़ावे। फिर कुछ भोजन, लड्डू, पेड़ा, बतासा या गुड़ खिलाकर मुँह धो देवे। फिर करबद्ध नतमस्तक होकर प्रार्थना करे कि 'हे मातः! मुझे पुत्र प्रदान कर।' इस प्रकार वर्षभर करना चाहिये।

(२) अभिलाषाष्टक* (स्कन्दपुराण, काशीखण्ड पूर्वार्द्ध, अध्याय १०)—ऋषिवर विश्वानरकी धर्मपत्नी शुचिष्मतीने अपने पतिसे प्रार्थना की कि मेरे 'शिव-समान पुत्र हो।' यह सुनकर विश्वानर क्षणभर तो चुप रहे, फिर बोले 'एवमस्तु' और उन्होंने स्वयं ही १२ महीनेतक फलाहार, जलाहार और वाय्वाहारके आधारपर घोर तप किया। फिर काशी जाकर विकरादेवी तथा सिद्धि-विनायकके समीप चन्द्रकूपमें स्नान करके वहीं वीरेश्वरके समीप अभिलाषाष्टकके आठ मन्त्रोंसे बड़ी श्रद्धापूर्वक स्तुति की। इससे भगवान् शंकर

---

* एकं ब्रह्मैवाद्वितीयं समस्तं सत्यं सत्यं नेह नानास्ति किंचित्।
एको रुद्रो न द्वितीयोऽवतस्थे तस्मादेकं त्वां प्रपद्ये महेशम्॥ १॥
एकः कर्ता त्वं हि विश्वस्य शम्भो नाना रूपेष्वेकरूपोऽस्यरूपः।
यद्वत्प्रत्यस्वर्क एकोऽप्यनेकस्तस्मान्नान्यं त्वां विनेशं प्रपद्ये॥ २॥
रज्जौ सर्पः शुक्तिकायां च रूप्यं नैरः पूरस्तन्मृगाख्ये मरीचौ।
यद्वत्तद्वद्विश्वगेष प्रपंचो यस्मिन् ज्ञाते तं प्रपद्ये महेशम्॥ ३॥
तोये शैत्यं दाहकत्वं च वह्नौ तापो भानौ शीतभानौ प्रसादः।
पुष्पे गन्धो दुग्धमध्ये च सर्पिर्यत्तच्छम्भो त्वं ततस्त्वां प्रपद्ये॥ ४॥

प्रसन्न हो गये और कुछ ही दिन बाद विश्वानरकी पत्नी शुचिष्मतीको गर्भ रह गया। समय आनेपर उसने शिवसदृश पुत्र गृहपति (अग्नि)-को जन्म दिया। अतः संतानकी कामनावाले पति या पत्नीको चाहिये, प्रातः शौच-स्नानादिसे निवृत्त हो शिवजीका पूजन करे और इस स्तोत्रका आठ या अट्ठाईस बार पाठ करे। इस प्रकार एक वर्षपर्यन्त पाठ करते रहनेसे पुत्रकी प्राप्ति होती है।

(३) पापघट-दान—किसी पातक, उपपातक या महापातकके प्रभावसे पुत्र नहीं हुआ हो तो दम्पतिको चाहिये कि वे किसी तीर्थपर जाकर किसी शुभ दिनमें पापघट-दान करें। यथासामर्थ्य सोने, चाँदी या ताँबेका ६४ पलका कलश रखकर उसपर अग्न्युत्तारणकर पंचगव्यादिसे शुद्ध करें। साथ ही किसी ऐसे दूरस्थ ब्राह्मणको बुलावें जो दान लेकर चले जानेपर फिर कभी देखनेमें न आवे। इसके पूर्व दिन दोनों स्त्री-पुरुष एक बार भोजनकर ब्रह्मचर्य पालन करें। फिर दूसरे दिन शौच-स्नानादिसे निवृत्त होकर शुद्ध स्थानमें पूर्वाभिमुख बैठें। सामने किसी चौकी या वेदीपर लाल वस्त्र बिछाकर उसपर अक्षतसे अष्टदल कमल बनावें। फिर उसपर यथाविधि कलश स्थापनकर उसमें घी या शक्कर भरकर आम्रपल्लव अथवा अशोकादि पत्रोंसे सुशोभित कर ऊपर पूर्णपात्र स्थापित करें। उसके मध्यभागमें

शब्दं गृह्णास्यश्रवास्त्वं हि जिघ्रेरघ्राणस्त्वं व्यंघ्रिरायासि दूरात्।
व्यक्षः पश्येस्त्वं रसज्ञोऽप्यजिह्वः कस्त्वां सम्यग् वेत्त्यतस्त्वां प्रपद्ये॥ ५॥
नो वेदस्त्वामीश साक्षाद्धि वेद नो वा विष्णुर्नो विधाताखिलस्य।
नो योगीन्द्रा नेन्द्रमुख्याश्च देवा भक्तो वेद त्वामतस्त्वां प्रपद्ये॥ ६॥
नो ते गोत्रं नेश जन्मापि नाख्या नो वा रूपं नैव शीलं न देशः।
इत्थं भूतोऽपीश्वरस्त्वं त्रिलोक्याः सर्वान् कामान् पूरयेस्तद्भजे त्वाम्॥ ७॥
त्वत्तः सर्वं त्वं हि सर्वं स्मरारे त्वं गौरीशस्त्वं च नग्नोऽतिशान्तः।
त्वं वै वृद्धस्त्वं युवा त्वं च बालस्तत्किं यत्त्वं नास्यतस्त्वां नतोऽस्मि॥ ८॥
(स्कं० काशी० १०। १२६—१३३)

सुवर्णनिर्मित विष्णुमूर्ति और उसके समीप ही फणाकृति नागमूर्ति स्थापित करें। प्रांगणके मध्यभागमें स्थण्डिलके ऊपर पंचभू-संस्कारपूर्वक अग्नि-स्थापन करें। गणपतिपूजन, नान्दीश्राद्ध, पुण्याहवाचन एवं ग्रहस्थापनकर सबोंका पूजन करें। फिर भगवान् विष्णुकी षोडशोपचारपूजाकर नागकी पंचोपचारसे पूजा करे। फिर कुशकण्डिका करके विष्णुमन्त्रसे घीकी १००८ या १०८ आहुतियाँ दें और पूर्वोक्त ब्राह्मणका पूजनकर उसे भोजन करावें। इसी समय '**मनसा दुर्विनीतेन***' आदि मन्त्रोंको पढ़ते हुए प्रति मन्त्र अक्षत या दूब कलशपर चढ़ाता जाय। मन्त्र समाप्त हो जानेपर हाथमें जल, फल, चन्दन, अक्षत-पुष्पादि लेकर देश-कालादिका कीर्तनकर '**अमुकोऽहं मत्कर्तृकानेकजन्मार्जितज्ञाताज्ञातवाङ्मनःकायकृतमहापातकोपपातकादिपूरितमिमं घटं गन्धपुष्पाद्यर्चितं तुभ्यं सम्प्रददे।**' इस प्रकार संकल्पकर ब्राह्मणके हाथमें संकल्प छोड़ दे। साथ ही थोड़ा सुवर्ण देकर उस कलशको दोनों हाथोंसे उठाकर ब्राह्मणको दे और हाथ जोड़कर प्रार्थना करे—

महीसुर! द्विजश्रेष्ठ! जगतस्तापहारक।
त्राहि मां दुःखसंतप्तं त्रिभिस्तापैः सदार्दितम्॥
संसारकूपतस्त्वं मां समुद्धर नमोऽस्तु ते।
त्वदन्यो नास्ति मां देव समुद्धर्तुं क्षमः क्षितौ॥

इस प्रकार प्रार्थनाकर विसर्जन करे। फिर आचार्यको दक्षिणा देकर भोजन कराये। तदनन्तर दम्पति स्वयं भोजन करें।

---

* मनसा दुर्विनीतेन यन्मया पातकं कृतम्।
तत्तिष्ठतु घटे चास्मिन् गुरुदेवप्रसादतः॥ १॥
व्रजता तिष्ठता वापि कर्मणा यदुपार्जितम्। तत्तिष्ठतु०॥ २॥
परस्वहरणेनापि पातकं यदुपार्जितम्। तत्तिष्ठतु०॥ ३॥
सुवर्णस्तेयजं पापं मनोवाक्कायकर्मजम्। तत्तिष्ठतु०॥ ४॥
रसविक्रयतः पापं ब्रह्मजन्मनि संचितम्। तत्तिष्ठतु०॥ ५॥

(४) कृष्णव्रत—प्रौढावस्थामें भी पुत्र न हो तो यज्ञोपवीत धारण करके श्रीकृष्ण या गणेशके मन्दिरमें अथवा गोशाला या पीपल, गूलर या कदम्ब-वृक्षके नीचे बैठकर कमल, कदम्ब या तुलसीकी मालापर—'**देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥**' इस मन्त्रका प्रतिदिन पाँच हजार, ढाई हजार या एक सहस्र जप करे। इस प्रकार एक लाख पूरा हो जानेपर दशांश हवन, तर्पण, मार्जनकर ब्राह्मणोंको खीर, मालपूआ, पूड़ीका भोजन करावे। ऐसा करनेसे श्रीकृष्णकी कृपासे पुत्र प्राप्त होता है।

(५) गायत्रीपुरश्चरण—किसी निश्चित शुभ मुहूर्तमें प्रारम्भ करे। इसके एक दिन पूर्व उपवासपूर्वक क्षौराचरणकर दशविधस्नान करे। दूसरे दिन देवमन्दिर या बिल्ववृक्षके नीचे भगवान् सूर्यके स्वरूपका चिन्तन करता हुआ रुद्राक्षकी मालासे प्रतिदिन पाँच सहस्र या एक सहस्र गायत्रीका जप करे। साथ ही गोघृतसे दशांश हवन भी करता जाय। जपके बाद प्रतिदिन जौकी रोटी और मूँगकी दाल बनाकर भोजन करे। अन्न स्वकीय ही होना चाहिये। चौबीस लाख जप पूरा हो जानेपर पुरश्चरण सम्पूर्ण होता है। यह पुरश्चरण यदि निर्विघ्न समाप्त हो जाय; तो व्रतकर्ताको धन, धान्य, प्रतिष्ठा, पुत्रादिकी प्राप्ति होती है।

क्षात्रधर्मविहीनेन क्षात्रजन्मनि यत्कृतम् । तत्तिष्ठतु० ॥ ६ ॥
वैश्यजन्मन्यपि मया तथा यत्पातकं कृतम् । तत्तिष्ठतु० ॥ ७ ॥
शूद्रजन्मनि यत्पापं सततं समुपार्जितम् । तत्तिष्ठतु० ॥ ८ ॥
गुरुदाराभिगमनात् पातकं यन्मयार्जितम् । तत्तिष्ठतु० ॥ ९ ॥
अपेयपानसम्भूतं पातकं यन्मयार्जितम् । तत्तिष्ठतु० ॥ १० ॥
वापीकूपतडागानां भेदनेन कृतं च यत् । तत्तिष्ठतु० ॥ ११ ॥
अभक्ष्यभक्षणेनैव संचितं यत्त पातकम् । तत्तिष्ठतु० ॥ १२ ॥
ज्ञाताज्ञातैरनेकैश्च घटोऽयं सम्भृतो मया ।
पूर्वजन्मान्तरोत्पन्नैरेतज्जन्मकृतैरपि ॥ १३ ॥

वटसावित्रीव्रत-कथा

सनत्कुमार उवाच

कुलस्त्रीणां व्रतं ब्रूहि महाभाग्यं तथैव च।
अवैधव्यकरं स्त्रीणां पुत्रपौत्रप्रदायकम्॥ १॥

ईश्वर उवाच

आसीन्मद्रेषु धर्मात्मा ज्ञानी परमधार्मिकः।
नाम्ना चाश्वपतिर्वीरो वेदवेदांगपारगः॥ २॥
अनपत्यो महाबाहुः सर्वैश्वर्यसमन्वितः।
सपत्नीकस्तपस्तेपे समाराधयते नृपः॥ ३॥
सावित्रीं च प्रसावित्रीं जपन्नास्ते महामनाः।
जुहोति चैव सावित्रीं भक्त्या परमया युतः॥ ४॥
ततस्तुष्टा तु सावित्री सा देवी द्विजसत्तम।
सविग्रहवती देवी तस्य दर्शनमागता॥ ५॥
भूर्भुवः स्वरवन्त्येषा साक्षसूत्रकमण्डलुः।
तां तु दृष्ट्वा जगद्वन्द्यां सावित्रीं च द्विजोत्तम॥ ६॥
प्रणिपत्य नृपो भक्त्या प्रहृष्टेनान्तरात्मना।
तं दृष्ट्वा पतितं भूमौ तुष्टा देवी जगाद ह॥ ७॥

सावित्र्युवाच

तुष्टाहं तव राजेन्द्र वरं वरय सुव्रत।
एवमुक्तस्तया राजा प्रसन्नां तामुवाच ह॥ ८॥

राजोवाच

अनपत्यो ह्यहं देवि पुत्रमिच्छामि शोभनम्।
नान्यं वृणोमि सावित्रि पुत्रमेव जगन्मये॥ ९॥

अन्यदस्ति समग्रं मे क्षितौ यच्चापि दुर्लभम्।
प्रसादात् तव देवेशि तत् सर्वं विद्यते गृहे॥ १०॥
एवमुक्ता तु सा देवी प्रत्युवाच नराधिपम्।

सावित्र्युवाच

पुत्रस्ते नास्ति राजेन्द्र कन्यैका ते भविष्यति॥ ११॥
कुलद्वयं तु सा राजन्नुद्धरिष्यति भामिनी।
मन्नाम्ना राजशार्दूल तस्या नाम भविष्यति॥ १२॥
इत्युक्त्वा तं मुनिश्रेष्ठ राजानं ब्रह्मणः प्रिया।
अन्तर्धानं गता देवी संतुष्टोऽसौ महीपतिः॥ १३॥
ततः कतिपयाहोभिस्तस्य राज्ञी महीभुजः।
ससत्त्वा समजायेत पूर्णे काले सुषाव ह॥ १४॥
सावित्र्या तुष्टया दत्ता सावित्र्या जप्तया तथा।
सावित्री तेन वरदा तस्या नाम बभूव ह॥ १५॥
राजते देवगर्भाभा कन्या कमललोचना।
ववृधे सा मुनिश्रेष्ठ चन्द्रलेखेव चाम्बरे॥ १६॥
सावित्री ब्रह्मणो वै सा श्रीरिवायतलोचना।
तां दृष्ट्वा हेमगर्भाभां राजा चिन्तामुपेयिवान्॥ १७॥
आयाच्यमानां च वरै रूपेणाप्रतिमां भुवि।
तस्या रूपेण ते सर्वे संनिरुद्धा महीभुजः॥ १८॥
ततश्च राजा आहूय उवाच कमलेक्षणाम्।
पुत्रि प्रदानकालस्ते न च याचन्ति केचन॥ १९॥
स्वयं वरय हृद्यं ते पतिं गुणसमन्वितम्।
मनःप्रह्लादनकरं शीलेनाभिजनेन च॥ २०॥
इत्युक्त्वा तां च राजेन्द्रो वृद्धामात्यैः सहैव च।
वस्त्रालंकारसहितां धनरत्नैः समन्विताम्॥ २१॥
विसृज्य च क्षणं तत्र यावत् तिष्ठति भूमिपः।
तावत् तत्र समागच्छन्नारदो भगवानृषिः॥ २२॥

अपूजयत् ततो राजा अर्घ्यपाद्येन तं मुनिम्।
आसने च सुखासीनः पूजितस्तेन भूभुजा॥ २३॥
पूजयित्वा मुनिं राजा प्रोवाचेदं द्विजोत्तमम्।
पावितोऽहं त्वया विप्र दर्शनेनाद्य नारद॥ २४॥
यावदेवं वदेद् राजा तावत् सा कमलेक्षणा।
आश्रमादागता देवी वृद्धामात्यैः समन्विता॥ २५॥
अभिवन्द्य पितुः पादौ ववन्दे सा मुनिं ततः।
नारदेन तु दृष्टा सा स तु प्रोवाच भूमिपम्॥ २६॥

नारद उवाच

कन्यां च देवगर्भाभां किमर्थं न प्रयच्छसि।
वराय त्वं महाबाहो वरयोग्यां हि सुन्दरीम्॥ २७॥
एवमुक्तस्तदा तेन मुनिना नृपसत्तमः।
उवाच तं मुनिं वाक्यमनेनार्थेन प्रेषिता॥ २८॥
आगतेयं विशालाक्षी मया सम्प्रेषिता सती।
अनया च वृतो भर्ता पृच्छ त्वं मुनिसत्तम॥ २९॥
सा पृष्टा तेन मुनिना तस्मै चाचष्ट भामिनी।

सावित्र्युवाच

आश्रमे सत्यवान् नाम द्युमत्सेनसुतो मुने।
भर्तृत्वेन मया विप्र वृतोऽसौ राजनन्दनः॥ ३०॥

नारद उवाच

कष्टं कृतं महाराज दुहित्रा तव सुव्रत।
अजानन्त्या वृतो भर्ता गुणवानिति विश्रुतः॥ ३१॥
सत्यं वदत्यस्य पिता सत्यं माता प्रभाषते।
स्वयं सत्यं प्रभाषेत सत्यवानिति तेन सः॥ ३२॥
तथा चाश्वाः प्रियास्तस्य अश्वैः क्रीडति मृण्मयैः।
चित्रेऽपि विलिखत्यश्वांश्चित्राश्वस्तेन चोच्यते॥ ३३॥

रूपवान् गुणवांश्चैव सर्वशास्त्रविशारदः।
न तस्य सदृशो लोके विद्यते चेह मानवः॥ ३४॥
सर्वैर्गुणैश्च सम्पन्नो रत्नैरिव महार्णवः॥ ३५॥
एको दोषो महानस्य गुणानावृत्य तिष्ठति।
संवत्सरेण क्षीणायुर्देहत्यागं करिष्यति॥ ३६॥

अश्वपतिरुवाच

अन्यं वरय भद्रं ते वरं सावित्रि गम्यताम्।
विवाहस्य तु कालोऽयं वर्तते शुभलक्षणे॥ ३७॥

सावित्र्युवाच

नान्यमिच्छाम्यहं तात मनसापि वरं प्रभो।
यो मया च वृतो भर्ता स मे नान्यो भविष्यति॥ ३८॥
विचिन्त्य मनसा पूर्वं वाचा पश्चात् समुच्चरेत्।
क्रियते च ततः पश्चाच्छुभं वा यदि वाशुभम्॥ ३९॥
तस्मात् पुमांसं मनसा कथं चान्यं वृणोम्यहम्।
सकृज्जल्पन्ति राजानः सकृज्जल्पन्ति पण्डिताः।
सकृत् कन्या प्रदीयेत त्रीण्येतानि सकृत् सकृत्॥ ४०॥
इति मत्वा न मे बुद्धिर्विचलेच्च कथंचन।
सगुणो निर्गुणो वापि मूर्खः पण्डित एव च॥ ४१॥
दीर्घायुरथवाल्पायुः स वै भर्ता मम प्रभो।
नान्यं वृणोमि भर्तारं यदि वा स्याच्छचीपतिः॥ ४२॥
इति मत्वा त्वया तात यत् कर्तव्यं वदस्व तत्।

नारद उवाच

स्थिरा बुद्धिश्च राजेन्द्र सावित्र्याः सत्यवान् प्रति॥ ४३॥
त्वरयस्व विवाहाय भर्त्रा सह कुरु त्विमाम्।

ईश्वर उवाच

निश्चितां तु मतिं ज्ञात्वा स्थिरां बुद्धिं च निश्चलाम्॥ ४४॥

सावित्र्याश्च महाराजः प्रतस्थेऽसौ वनं प्रति।
गृहीत्वा तु धनं राजा द्युमत्सेनस्य संनिधौ॥ ४५॥
स्वल्पानुगो महाराजो वृद्धामात्यैः समन्वितः।
नारदस्तु ततः खे वै तत्रैवान्तरधीयत॥ ४६॥
स गत्वा राजशार्दूलो द्युमत्सेनेन संगतः।
वृद्धश्चान्धश्च राजासौ वृक्षमूलमुपाश्रितः॥ ४७॥
सावित्र्यश्वपती राजा पादौ जग्राह वीर्यवान्।
स्वनाम च समुच्चार्य तस्थौ तस्य समीपतः॥ ४८॥
उवाच राजा तं भूपं किमागमनकारणम्।
पूजयित्वार्घ्यदानेन वन्यमूलफलैश्च सः॥ ४९॥
ततः पप्रच्छ कुशलं स राजा मुनिसत्तम।

अश्वपतिरुवाच

कुशलं दर्शनेनाद्य तव राजन् ममाद्य वै॥ ५०॥
दुहिता मम सावित्री तव पुत्रमभीप्सति।
भर्तारं राजशार्दूल प्राप्नोत्वियमनिन्दिता॥ ५१॥
मनसा कांक्षितं पूर्वं भर्तारमनया विभो।
आवयोश्चैव सम्बन्धो भवत्वद्य ममेप्सितः॥ ५२॥

द्युमत्सेन उवाच

वृद्धश्चान्धश्च राजेन्द्र फलमूलाशनोऽस्म्यहम्।
राज्याच्च्युतश्च मे पुत्रो वन्येनाद्य स जीवति॥ ५३॥
सा कथं सहते दुःखं दुहिता तव कानने।
अनभिज्ञा च दुःखानामित्यहं नाभिकांक्षये॥ ५४॥

अश्वपतिरुवाच

अनया च वृतो भर्ता जानन्त्या राजसत्तम।
अनेन सहवासस्तु तव पुत्रेण मानद॥ ५५॥
स्वर्गतुल्यो महाराज भविष्यति न संशयः॥ ५६॥

एवमुक्तस्तदा तेन राज्ञा राजर्षिसत्तमः।
तथेति स प्रतिज्ञाय चकारोद्वाहमुत्तमम्॥ ५७॥
कृत्वा विवाहं राजेन्द्रं सम्पूज्य विविधैर्धनैः।
अभिवाद्य द्युमत्सेनं जगाम नगरीं प्रति॥ ५८॥
सावित्री तु पतिं लब्ध्वा इन्द्रं प्राप्य शची यथा।
सत्यवानपि ब्रह्मर्षे तथा पत्न्याभिनन्दितः॥ ५९॥
क्रीडते तद्वनोद्देशे पौलोम्या मघवानिव।
नारदस्य च तद् वाक्यं हृदयेन मनस्विनी॥ ६०॥
वहन्ती नियमं चक्रे व्रतस्यास्य च भामिनी।
गणयन्ती दिनान्येव न लेभे तोषमुत्तमम्॥ ६१॥
ज्ञात्वा तद् दिवसं विप्र भर्तुर्मरणकारणम्।
व्रतं त्रिरात्रमुद्दिश्य दिवारात्रं स्थिराभवत्॥ ६२॥
ततस्त्रिरात्रं निर्वृत्य संतर्प्य पितृदेवताः।
श्वश्रूश्वशुरयोः पादौ ववन्दे चारुहासिनी॥ ६३॥
कुठारं परिगृह्याथ कठिनं चैव सुव्रत।
प्रतस्थे स वनायैव सावित्री वाक्यमब्रवीत्॥ ६४॥

सावित्र्युवाच

न गन्तव्यं वनं त्वद्य मम वाक्येन मानद।
अथवा गम्यते साधो मया सह वनं व्रज॥ ६५॥
संवत्सरं भवेत् पूर्णमाश्रमेऽस्मिन् मम प्रभो।
तद् वनं द्रष्टुमिच्छामि प्रसादं कुरु मे विभो॥ ६६॥

सत्यवानुवाच

नाहं स्वतन्त्रः सुश्रोणि पृच्छस्व पितरौ मम।
ताभ्यां प्रस्थापिता गच्छ मया सह शुचिस्मिते॥ ६७॥
एवमुक्ता तदा तेन भर्त्रा सा कमलेक्षणा।
श्वश्रूश्वशुरयोः पादावभिवाद्येदमब्रवीत्॥ ६८॥

वनं द्रष्टुमभीच्छेयमाज्ञां मह्यं प्रदीयताम्।
भर्त्रा सह वनं गन्तुमेतत् त्वरयते मनः॥ ६९॥
तस्यास्तद् वचनं श्रुत्वा द्युमत्सेनो ब्रवीदिदम्।
व्रतं कृतं त्वया भद्रे पारणं कुरु सुव्रते॥ ७०॥
पारणान्ते ततो भीरु वनं गन्तुं त्वमर्हसि॥ ७१॥

सावित्र्युवाच

नियमश्च कृतोऽस्माभी रात्रौ चन्द्रोदये सति।
जाते मया प्रकर्तव्यं भोजनं तात मे श्रृणु॥ ७२॥
वनदर्शनकामोऽस्ति भर्त्रा सह ममाद्य वै।
न मे तत्र भवेद् ग्लानिर्भर्त्रा सह नराधिप॥ ७३॥
इत्युक्तस्तु तया राजा द्युमत्सेनो महीपतिः।
यत् तेऽभिलषितं पुत्रि तत् कुरुष्व सुमध्यमे॥ ७४॥
नमस्कृत्वा तु सावित्री श्वश्रूं च श्वशुरं तथा।
सहिता सा जगामाथ तेन सत्यव्रता मुने॥ ७५॥
विलोकयन्ती भर्तारं प्राप्तकालं मनस्विनी।
वनं च फलितं दृष्ट्वा पुष्पितद्रुमसंकुलम्॥ ७६॥
द्रुमाणां चैव नामानि मृगाणां चैव भामिनी।
पश्यन्ती मृगयूथानि हृदयेन प्रवेपती॥ ७७॥
तत्र गत्वा सत्यवान् वै फलान्यादाय सत्वरम्।
काष्ठानि च समादाय बबन्ध भारकं तदा।
कठिनं पूरयामास कृत्वा वृक्षावलम्बनम्॥ ७८॥
वटवृक्षस्य सा साध्वी उपविष्टा महासती।
काष्ठं पाटयतस्तस्य जाता शिरसि वेदना॥ ७९॥
ग्लानिश्च महती जाता गात्राणां वेपथुस्तदा।
आदाय वृक्षसामीप्यं सावित्रीमिदमब्रवीत्॥ ८०॥
मम गात्रेऽतिकम्पश्च जाता शिरसि वेदना।
कण्टकैर्भिद्यते भद्रे शिरो मे शूलसम्मितैः॥ ८१॥

उत्संगे तव सुश्रोणि स्वप्तुमिच्छामि सुव्रते।
अभिज्ञा सा विशालाक्षी तस्य मृत्योर्मनस्विनी॥ ८२॥
प्राप्तं कालं मन्यमाना तस्थौ तत्रैव भामिनी।
सत्यवानपि सुप्तस्तु कृत्वोत्संगे शिरस्तदा॥ ८३॥
तावत् तत्र समागच्छत् पुरुषः कृष्णपिंगलः।
जाज्वल्यमानो वपुषा ददर्शामुं च भामिनी॥ ८४॥
उवाच वाक्यं वाक्यज्ञा कस्त्वं लोकभयंकरः।
नाहं धर्षयितुं शक्या पुरुषेणापि केनचित्॥ ८५॥
इत्युक्तः प्रत्युवाचेदं यमो लोकभयंकरः।
क्षीणायुस्तु वरारोहे तव भर्ता मनस्विनि॥ ८६॥
नेष्याम्येनमहं बद्ध्वा विद्ध्येतन्मे चिकीर्षितम्॥ ८७॥

सावित्र्युवाच

श्रूयते भगवन् दूतास्तवागच्छन्ति मानवान्।
नेतुं किल भवान् कस्मादागतोऽसि स्वयं प्रभो॥ ८८॥
इत्युक्तः पितृराजस्तां भगवान् स्वचिकीर्षितम्।
यथावत् सर्वमाख्यातुं तत् प्रियार्थं प्रचक्रमे॥ ८९॥
अयं च धर्मसंयुक्तो रूपवान् गुणसागरः।
नार्हो मत्पुरुषैर्नेतुमतोऽस्मि स्वयमागतः॥ ९०॥
ततः सत्यवतः कायात् पाशबद्धं वशं गतम्।
अंगुष्ठमात्रं पुरुषं निश्चकर्ष यमो बलात्॥ ९१॥
निर्विचेष्टं शरीरं तद् बभूवाप्रियदर्शनम्।
यमस्तु तं ततो बद्ध्वा प्रयातो दक्षिणामुखः॥ ९२॥
सावित्री चापि दुःखार्ता यममेवान्वगच्छत।
नियमव्रतसंसिद्धा महाभागा पतिव्रता॥ ९३॥

यम उवाच

निवर्त गच्छ सावित्रि कुरुष्वास्यौर्ध्वदेहिकम्।
कृतं भर्तुस्त्वयानृण्यं यावद् गम्यं गतं त्वया॥ ९४॥

सावित्र्युवाच

यत्र मे नीयते भर्ता स्वयं वा यत्र गच्छति।
मयापि तत्र गन्तव्यमेष धर्मः सनातनः॥ ९५ ॥
तपसा गुरुभक्त्या च भर्तुः स्नेहाद् व्रतेन च।
तव चैव प्रसादेन न मे प्रतिहता गतिः॥ ९६ ॥
प्राहुः साप्तपदं मैत्रं बुधास्तत्त्वार्थदर्शिनः।
मित्रतां च पुरस्कृत्य किंचिद् वक्ष्यामि तच्छृणु॥ ९७ ॥
नानात्मवन्तस्तु वने चरन्ति
धर्मं च वासं च परिश्रमं च।
विज्ञानतो धर्ममुदाहरन्ति
तस्मात्सन्तो धर्ममाहुः प्रधानम्॥ ९८ ॥
एकस्य धर्मेण सतां मतेन
सर्वे स्म तं मार्गमनुप्रपन्नाः।
मा वै द्वितीयं मा तृतीयं च वाञ्छे
तस्मात्सन्तो धर्ममाहुः प्रधानम्॥ ९९ ॥

यम उवाच

निवर्त तुष्टोऽस्मि त्वयानया गिरा
स्वराक्षरव्यंजनहेतुयुक्तया।
वरं वृणीष्वेह विनास्य जीवितं
प्रातः शुचिर्भवेत् सम्यग् दन्तधावनपूर्वकम्।
निराहारोऽद्य देवेश यावच्चन्द्रोदयो भवेत्॥ ५१ ॥
भोक्ष्यामि पूजयित्वाहं गणेशं शरणं गतः।
कृत्वैवमादौ संकल्पं स्नात्वा शुक्लतिलैः शुभैः॥ ५२ ॥
आह्निकं तु विधायैवं पूजां च कुरु सुव्रत।
यथाशक्त्या तु सौवर्णीं प्रतिमां च विधाय च॥ ५३ ॥
सौवर्णे राजते ताम्रे मृण्मये वाथ शक्तितः।
कुम्भे पुष्पैः फलैः पूर्णे देवं तत्रैव विन्यसेत्॥ ५४ ॥
शुभे देशे न्यसेत् कुम्भं वस्त्रं तत्र निधाय च।
पद्ममष्टदलं कृत्वा गन्धाद्यैः पूजयेत् ततः॥ ५५ ॥
रक्तपुष्पैश्च धूपैश्च एभिर्नामपदैः पृथक्।
आवाहनं गणेशाय आसनं विघ्ननाशिने॥ ५६ ॥
पाद्यं लम्बोदरायेति अर्घ्यं चन्द्रार्धधारिणे।
विश्वप्रियायाचमनं स्नानं च ब्रह्मचारिणे॥ ५७ ॥

वक्रतुण्डायोपवीतं वस्त्रं सर्वप्रदाय च।
चन्दनं रुद्रपुत्राय पुष्पं च गुणशालिने॥ ५८॥
भवानीप्रियकर्त्रे च धूपं दद्याद् यथाविधि।
दीपं रुद्रप्रियायेति नैवेद्यं विघ्ननाशिने॥ ५९॥
ताम्बूलं सिद्धिदायेति फलं संकष्टनाशिने।
इति नामपदैः पूजां कृत्वा मासयमाञ्छृणु॥ ६०॥
श्रावणे सप्तलड्डूकान् नभस्ये दधिभक्षणम्।
आश्विने चोपवासं च कार्तिके दुग्धपानकम्॥ ६१॥
मार्गशीर्षे निराहारं पौषे गोमूत्रपानकम्।
तिलांश्च भक्षयेन्माघे फाल्गुने घृतशर्कराम्॥ ६२॥
चैत्रे मासि पंचगव्यं दूर्वारसं तु माधवे।
ज्येष्ठे घृतं पलं भोज्यमाषाढे मधुभक्षणम्॥ ६३॥
इति मासयमान् कृत्वा नरो मुच्येत संकटात्।
भुंजीयाद् वा तथा सप्तग्रासान् वा स्वेच्छया सुखम्॥ ६४॥
अशक्तश्चेत् ततः सिद्धिर्भविष्यति न संशयः।
एवं पूजा प्रकर्त्तव्या षोडशैरुपचारकैः॥ ६५॥
नाना भक्ष्यादिसंयुक्तमुपहारं प्रकल्पयेत्।
मोदकान् कारयेद् राजंस्तिलजान् दशसंख्यकान्॥ ६६॥
देवाग्रे स्थापयेत् पंच पंच विप्राय दापयेत्।
पूजयित्वा तु तं विप्रं भक्तिभावेन देववत्॥ ६७॥
दक्षिणां च यथाशक्त्या दत्त्वा पंचैव मोदकान्।
सांजलिः श्रद्धया राजन्निमं स्तोत्रमुदीरयेत्॥ ६८॥
'संसारपीडाव्यथितं हि मां सदा
संकष्टभूतं सुमुख प्रसीद।
त्वं त्राहि मां नाशय कष्टसंघान्
नमो नमः कष्टविनाशनाय'॥ ६९॥

इति सम्प्रार्थ्य देवेशं चन्द्रायार्घ्यं निवेदयेत्।
ब्राह्मणान् भोजयेत् पश्चाद् गणेशप्रीतये सदा॥ ७०॥
स्वयं भुंजीत पंचैव मोदकान् बन्धुभिः सह।
अशक्तौ त्वेकमन्नं वा भुंजीयाद् दधिना* सह॥ ७१॥
अथवा भोजनं कार्यमेकवारं हि पाण्डव।
भूमिशायी जितक्रोधो लोभदम्भविवर्जितः॥ ७२॥
अनेनैव तु मन्त्रेण व्रती सम्यग् विधानतः।
सोपस्करां च प्रतिमामाचार्याय निवेदयेत्॥ ७३॥
गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ स्वस्थाने परमेश्वरः।
व्रतेनानेन सुप्रीतो यथोक्तफलदो भव॥ ७४॥
उद्यापनं प्रकर्तव्यं चतुर्थ्यां माघकृष्णके।
गाणपत्यं सदाचारं सर्वशास्त्रविशारदम्॥ ७५॥
आचार्यं वरयेदादौ यथोक्तविधिनार्चयेत्।
एकविंशतिविप्रान् वै वस्त्रालंकारभूषणैः॥ ७६॥
पूजयेद् गोहिरण्याद्यैर्मोदकैश्चैव होमयेत्।
अष्टोत्तरसहस्रं तु शतं चाष्टाधिकं तथा॥ ७७॥
अष्टाविंशतिरष्टौ वा वेदोक्तैस्तिलसर्पिषा।
सपत्नीकं सुवर्णाद्यैर्गोभूवस्त्रादिभूषणैः॥ ७८॥
छत्रं चोपानहौ दद्यात् कमण्डलुगृहादिभिः।
आचार्यं पूजयेद् राजन् गणेशस्य तु तुष्टये॥ ७९॥
एवं कृत्वा विधानेन प्रसन्नो नात्र संशयः।
प्रतिमासं तु यः कुर्यात् त्रीण्यब्दान्येकमेव वा॥ ८०॥
अथवा जन्मपर्यन्तं तस्य दुःखं कदा च न।
दारिद्र्यं न भवेत् तस्य संकष्टं न भवेदिह॥ ८१॥

* आर्षप्रयोग।

वत्सरान्ते द्वादश वै ब्राह्मणान् भोजयेत् ततः।
विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम्॥ ८२॥
पुत्रार्थी लभते पुत्रं सौभाग्यं च सुवासिनी।
राज्यार्थी लभते राज्यं सुखार्थी लभते सुखम्॥ ८३॥
शृण्वन्ति ये व्रतमिदं शुभमीदृशं हि
ते वै सुखेन भुवि पूर्णमनोरथाः स्युः।
नित्यं भवन्ति सुखिनो ललनाः पुमांसः
सत्पुत्रपौत्रधनधान्ययुताः पृथिव्याम्॥ ८४॥
एवमुक्त्वा ततो व्यासस्तत्रैवान्तरधीयत।
युधिष्ठिरस्तु तत् सर्वमकरोद् राजसत्तमः॥ ८५॥
तेन व्रतप्रभावेण स्वराज्यं प्राप्तवान् नृपः।
हत्वा रिपून कुरुक्षेत्रे स्वराज्यमलभन्नृपः॥ ८६॥

इति श्रीनारदमहापुराणे माघकृष्णचतुर्थीसंकष्टहरगणपतिव्रतकथा समाप्ता।

श्रीशिवरात्रिव्रत-कथा

लोमश उवाच

आसीत् पुरा महारौद्रश्चण्डो नाम दुरात्मवान्।
क्रूरसंगो निष्कृतिको भूतानां भयवाहकः॥ १ ॥
जालेन मत्स्यान् दुष्टात्मा घातयत्यनिशं खलु।
भल्लैर्मृगाञ्छ्वापदांश्च कृष्णसारांश्च सल्लकान्॥ २ ॥
खड्गांश्चैव च दुष्टात्मा दृष्ट्वा कांश्चिच्च पापवान्।
पक्षिणोऽघातयत् क्रुद्धो ब्राह्मणांश्च विशेषतः॥ ३ ॥
लुब्धको हि महापापो दुष्टो दुष्टजनप्रियः।
भार्या तथाविधा तस्य पुष्कसस्य महाभया॥ ४ ॥
एवं विहरतस्तस्य बहुकालोऽत्यवर्तत।
गते बहुतिथे काले पापौघनिरतस्य च॥ ५ ॥
निषंगे जलमादाय क्षुत्पिपासार्द्दितो भृशम्।
एकदा निशि पापीयाञ्छ्रीवृक्षोपरि संस्थितः॥ ६ ॥
कोलं हन्तुं धनुष्पाणिर्जाग्रच्चानिमिषेण हि।
माघमासेऽसितायां वै चतुर्दश्यामथाग्रतः॥ ७ ॥
मृगमार्गावलोकार्थी बिल्वपत्राण्यपातयत्॥ ८ ॥
श्रीवृक्षपर्णानि बहूनि तत्र
स छेदयामास रुषान्वितोऽपि।
श्रीवृक्षमूले परिवर्त्तमानो
लिंगं च तस्योपरि दुष्टभावः॥ ९ ॥
ववर्ष गण्डूषजलं दुरात्मा
यदृच्छया तानि शिवे पतन्ति।
श्रीवृक्षपर्णानि च दैवयोगा-
ज्जातं च सर्वं शिवपूजनं तत्॥ १० ॥
गण्डूषवारिणा तेन स्नपनं च कृतं महत्।
बिल्वपत्रैरसंख्यातैरर्चनं च महत् कृतम्॥ ११ ॥

अज्ञानेनापि भो विप्राः पुष्कसेन दुरात्मना।
माघमासेऽसिते पक्षे चतुर्दश्यां विधूदये॥ १२॥
पुष्कसोऽथ दुराचारो वृक्षादवततार सः।
आगत्य जलसंकाशं मत्स्यान् हन्तुं प्रचक्रमे॥ १३॥
लुब्धकस्यापि भार्याभून्नाम्ना चैव घनोदरी।
दुष्टा सा पापनिरता परद्रव्यापहारिणी॥ १४॥
गृहान्निर्गत्य सायाह्ने पुरद्वारबहिःस्थिता।
वनमार्गं प्रपश्यन्ती पत्युरागमनेच्छया॥ १५॥
चिराद् भर्तरि नायाते चिन्तयामास लुब्धकी।
अद्य सायाह्नवेलायामागताः सर्वलुब्धकाः॥ १६॥
तमःस्तोमेन संच्छन्नाश्चतस्त्रो विदिशो दिशः।
रात्रौ यामद्वयं यातं किं मतंगः समागतः॥ १७॥
किं वा केसरलोभेन* सिंहेनैव विदारितः।
किं भुजंगफणारत्नहारी सर्पविषार्दितः॥ १८॥
किं वा वराहद्रंष्ट्राग्रघातैः पंचत्वमागतः।
मधुलोभेन वृक्षाग्रात् स वै प्रपतितो भुवि॥ १९॥
क्वान्वेषयामि पृच्छामि क्व गच्छामि च कं प्रति।
एवं विलप्य बहुधा निवृत्ता स्वं गृहं प्रति॥ २०॥
नैवान्नं नो जलं किंचिन्न भुक्तं तद्दिने तया।
चिन्तयन्ती पतिं चापि लुब्धकी त्वनयन्निशाम्॥ २१॥
अथ प्रभाते विमले पुष्कसी वनमाययौ।
अशनार्थं च तस्यान्नमादाय त्वरिता सती॥ २२॥
भ्रममाणा वने तस्मिन् ददर्श महतीं नदीम्।
तस्यास्तीरे समासीनं स्वपतिं प्रेक्ष्य हर्षिता॥ २३॥
तदन्नं कूलतः स्थाप्य नदीं तर्तुं प्रचक्रमे।
निरीक्ष्य चाथ मत्स्यान् स जालप्रोतान् समानयत्॥ २४॥

* 'सिंहस्कन्धकेश' इति हेमचन्द्रः।

तावत् तयोक्तश्चण्डोऽसावेहि शीघ्रं च भक्षय।
अन्नं त्वदर्थमानीतमुपोष्य दिवसं मया॥ २५॥
कृतं किमद्य रे मन्द गतेऽहनि च किं कृतम्।
नाशितं च त्वया मूढ लङ्घितेनाद्य पापिना॥ २६॥
नद्यां स्नातौ तथा तौ च दम्पती च शुचिव्रतौ।
यावद् गतश्च भोक्तुं स तावच्छ्वा स्वयमागतः॥ २७॥
तेन सर्वं भक्षितं च तदन्नं स्वयमेव हि।
चण्डी प्रकुपिता चैव श्वानं हन्तुमुपस्थिता॥ २८॥
आवयोर्भक्षितं चान्नमनेनैव च पापिना।
किं च भक्षयसे मूढ भविताद्य बुभुक्षितः॥ २९॥
एवं तयोक्तश्चण्डोऽसौ बभाषे तां शिवप्रियः।
यच्छुना भक्षितं चान्नं तेनाहं परितोषितः॥ ३०॥
किमनेन शरीरेण नश्वरेण गतायुषा।
शरीरं दुर्लभं लोके पूज्यते क्षणभंगुरम्॥ ३१॥
ये पुष्णन्ति निजं देहं सर्वभावेन चाहताः।
मूढास्ते पापिनो ज्ञेया लोकद्वयबहिष्कृताः॥ ३२॥
तस्मान्मानं परित्यज्य क्रोधं च दुरवग्रहम्।
स्वस्था भव विमर्शेन तत्त्वबुद्ध्या स्थिरा भव॥ ३३॥
बोधिता तेन चण्डी सा पुष्कसेन तदा भृशम्।
जागरादि च सम्प्राप्तः पुष्कसोऽपि चतुर्दशीम्॥ ३४॥
शिवरात्रिप्रसंगाच्च जायते यद्ध्यसंशयम्।
तज्ज्ञानं परमं प्राप्तः शिवरात्रिप्रसंगतः॥ ३५॥
यामद्वयं च संजातममावस्यां तु तत्र वै।
आगताश्च गणास्तत्र बहवः शिवनोदिताः॥ ३६॥
विमानानि बहून्यत्र आगतानि तदन्तिकम्।
दृष्टानि तेन तान्येव विमानानि गणास्तथा॥ ३७॥
उवाच परया भक्त्या पुष्कसोऽपि च तान् प्रति।
कस्मात् समागता यूयं सर्वे रुद्राक्षधारिणः॥ ३८॥

विमानस्थाश्च केचिच्च वृषारूढाश्च केचन।
सर्वे स्फटिकसंकाशाः सर्वे चन्द्रार्धशेखराः॥ ३९॥
कपर्दिनश्चर्मपरीतवाससो
भुजंगभोगैः कृतहारभूषणाः।
श्रियान्विता रुद्रसमानवीर्या
यथातथं भो वदतात्मनोचितम्॥ ४०॥
पुष्कसेन तदा पृष्टा ऊचुः सर्वे च पार्षदाः।
रुद्रस्य देवदेवस्य संनम्राः कमलेक्षणाः॥ ४१॥

गणा ऊचुः

प्रेषिताःस्मो वयं चण्ड शिवेन परमेष्ठिना।
आगच्छ त्वरितो भूत्वा सस्त्रीको यानमारुह॥ ४२॥
लिंगार्चनं कृतं यच्च त्वया रात्रौ शिवस्य च।
तेन कर्मविपाकेन प्राप्तोऽसि शिवसंनिधिम्॥ ४३॥
तथोक्तो वीरभद्रेण उवाच प्रहसन्निव।
पुष्कसोऽपि स्वया बुद्ध्या प्रस्तावसदृशं वचः॥ ४४॥

पुष्कस उवाच

किं मया कृतमद्यैव पापिना हिंसकेन च।
मृगयारसिकेनैव पुष्कसेन दुरात्मना॥ ४५॥
पापाचारो ह्यहं नित्यं कथं स्वर्गं व्रजाम्यहम्।
कथं लिंगार्चनमिदं कृतमस्ति तदुच्यताम्॥ ४६॥
परं कौतुकमापन्नः पृच्छामि त्वां यथातथम्।
कथयस्व महाभाग सर्वं चैव यथाविधि॥ ४७॥

वीरभद्र उवाच

देवदेवो महादेवो देवानां पतिरीश्वरः।
परितुष्टोऽद्य हे चण्ड स महेश उमापतिः॥ ४८॥
प्रासंगिकतया माघे कृतं लिंगार्चनं त्वया।
शिवतुष्टिकरं चाद्य पूतोऽसि त्वं न संशयः॥ ४९॥

शिवरात्र्यां प्रसंगेन कृतमर्चनमेव च।
कोलं निरीक्षमाणेन बिल्वपत्राणि चैव हि॥ ५०॥
छेदितानि त्वया चण्ड पतितानि तदैव हि।
लिंगस्य मस्तके तानि तेन त्वं सुकृती प्रभो॥ ५१॥
ततश्च जागरो जातो महान् वृक्षोपरि ध्रुवम्।
तेनैव जागरेणैव तुतोष जगदीश्वरः॥ ५२॥
छलेनैव महाभाग कोलसंदर्शनेन हि।
शिवरात्रिदिने चात्र स्वप्नस्ते न च योषितः॥ ५३॥
तेनोपवासेन च जागरेण
तुष्टो ह्यसौ देववरो महात्मा।
तव प्रसादाय महानुभावो
ददाति सर्वान् वरदो महांश्च॥ ५४॥
एवमुक्तस्तदा तेन वीरभद्रेण धीमता।
पुष्कसोऽपि विमानाग्र्यमारुरोह च पश्यताम्॥ ५५॥
गणानां देवतानां च सर्वेषां प्राणिनामपि।
तदा दुन्दुभयो नेदुर्भेर्यस्तूर्याण्यनेकशः॥ ५६॥
वीणावेणुमृदंगानि तस्य चाग्रे गतानि च।
जगुर्गन्धर्वपतयो ननृतुश्चाप्सरोगणाः॥ ५७॥
शिवसांनिध्यमगमच्चण्डोऽसौ तेन कर्मणा।
शिवरात्र्युपवासेन परं स्थानमुपागमत्॥ ५८॥
पुष्कसोऽपि तथा प्राप्तः प्रसंगेन सदाशिवम्।
किं पुनः श्रद्धया युक्ताः शिवाय परमात्मने॥ ५९॥
पुष्पादिकं फलं गन्धं ताम्बूलं भक्ष्यमृद्धिमत्।
ये प्रयच्छन्ति लोकेऽस्मिन् रुद्रास्ते नात्र संशयः॥ ६०॥

ऋषय ऊचुः

किं फलं तस्य चोद्देशः केनैव च पुरा कृतम्।
कस्माद् व्रतमिदं जातं कृतं केन पुरा विभो॥ ६१॥

लोमश उवाच

यदा सृष्टं जगत् सर्वं ब्रह्मणा परमेष्ठिना।
कालचक्रं तदा जातं पुरा राशिसमन्वितम्॥ ६२॥
द्वादश राशयस्तत्र नक्षत्राणि तथैव च।
सप्तविंशतिसंख्यानि मुख्यानि कार्यसिद्धये॥ ६३॥
एभिः सर्वं प्रचण्डं च राशिभिरुडुभिस्तथा।
कालचक्रान्वितः कालः क्रीडयन् सृजते जगत्॥ ६४॥
आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं सृजत्यवति हन्ति च।
निबद्धमस्ति तेनैव कालेनैकेन भो द्विजाः॥ ६५॥
कालो हि बलवाँल्लोके एक एव न चापरः।
तस्मात् कालात्मकं सर्वमिदं नास्त्यत्र संशयः॥ ६६॥
आदौ कालः कालनाच्च लोकनायकनायकः।
ततो लोका हि संजाताः सृष्टिश्च तदनन्तरम्॥ ६७॥
सृष्टेर्लवो हि संजातो लवाच्च क्षणमेव च।
क्षणाच्च निमिषं जातं प्राणिनां हि निरन्तरम्॥ ६८॥
निमिषाणां च षष्ट्या वै पल इत्यभिधीयते।
पलैस्तु षष्टिभिश्चैव घटिकैकाभिजायते॥ ६९॥
घटिकानां हि षष्ट्या वै अहोरात्रेति कथ्यते।
पंचदश्या अहोरात्रैः पक्ष इत्यभिधीयते॥ ७०॥
पक्षाभ्यां मास एव स्यान्मासा द्वादश वत्सरः।
तं कालं ज्ञातुकामेन कार्यं ज्ञानं विचक्षणैः॥ ७१॥
प्रतिपद्दिनमारभ्य पौर्णमास्यन्तमेव च।
पक्षः पूर्णो हि यस्माच्च पूर्णिमेत्यभिधीयते॥ ७२॥
नष्टस्तु चन्द्रो यस्यां वै अमा सा कथिता बुधैः।
अग्निष्वात्तादिपितॄणां प्रियातीव बभूव ह॥ ७३॥
त्रिंशद्दिनानि ह्येतानि पुण्यकालयुतानि च।
तेषां मध्ये विशेषो यस्तं शृणुध्वं द्विजोत्तमाः॥ ७४॥

योगानां वा व्यतीपात उडूनां श्रवणस्तथा।
अमावस्या तिथीनां च पूर्णिमा वै तथैव च॥ ७५॥
संक्रान्तयस्तथा ज्ञेयाः पवित्रा दानकर्मणि।
तथाष्टमी प्रिया शम्भोर्गणेशस्य चतुर्थिका॥ ७६॥
पंचमी नागराजस्य कुमारस्य च षष्ठिका।
भानोश्च सप्तमी ज्ञेया नवमी चण्डिकाप्रिया॥ ७७॥
ब्रह्मणो दशमी ज्ञेया रुद्रस्यैकादशी तथा।
विष्णुप्रिया द्वादशी च अन्तकस्य त्रयोदशी॥ ७८॥
चतुर्दशी तथा शम्भोः प्रिया नास्त्यत्र संशयः।
निशीथसंयुता या तु कृष्णपक्षे चतुर्दशी॥ ७९॥
उपोष्या सा तिथिः श्रेष्ठा शिवसायुज्यकारिणी।
शिवरात्रीति विख्याता सर्वपापप्रणाशिनी॥ ८०॥
अत्रैवोदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
ब्राह्मणी विधवा काचित् पुरा ह्यासीच्च चंचला॥ ८१॥
श्वपचाभिरता सा च कामुकी कामहेतुतः।
तस्यां तस्य सुतो जातः श्वपचस्य दुरात्मनः॥ ८२॥
दुःसहो दुष्टनामात्मा सर्वधर्मबहिष्कृतः।
कितवश्च सुरापायी स्तेयी च गुरुतल्पगः॥ ८३॥
मृगयुश्च दुरात्मासौ कर्मचाण्डाल एव सः।
अधर्मिष्ठो ह्यसद्वृत्तः कदाचिच्च शिवालयम्॥ ८४॥
शिवरात्र्यां च सम्प्राप्तो ह्युषितः शिवसंनिधौ।
श्रवणं शैवशास्त्रस्य यदृच्छाजातमन्तिके॥ ८५॥
तेन कर्मविपाकेन पुण्यां योनिमवाप्तवान्।
भुक्त्वा पुण्यतमाँल्लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः॥ ८६॥
चित्रांगदस्य पुत्रोऽभूद् भूपालेश्वरलक्षणः।
नाम्ना विचित्रवीर्योऽसौ सुभगः सुन्दरीप्रियः॥ ८७॥
राज्यं महत्तरं प्राप्य निःस्तम्भो हि महानभूत्।
शिवे भक्तिं प्रकुर्वाणः शिवकर्मपरोऽभवत्॥ ८८॥

शैवशास्त्रं पुरस्कृत्य शिवपूजनतत्परः।
रात्रौ जागरणं यत्नात् करोति शिवसंनिधौ॥ ८९ ॥
शिवस्य गाथां गायंस्तु आनन्दाश्रुकणान् मुहुः।
प्रमुञ्चंश्चैव नेत्राभ्यां रोमांचपुलकावृतः॥ ९० ॥
आयुष्यं च गतं तस्य शिवध्यानपरस्य च।
शिवो हि सुलभो लोके पशूनां ज्ञानिनामपि॥ ९१ ॥
संसेवितुं सुखप्राप्त्यै ह्येक एव सदाशिवः।
शिवरात्र्युपवासेन प्राप्तो ज्ञानमनुत्तमम्॥ ९२ ॥
ज्ञानात् सर्वमनुप्राप्तं भूतसाम्यं निरन्तरम्।
विना शिवेन यत् किंचिन्नास्ति वस्त्वत्र न क्वचित्॥ ९३ ॥
प्राप्तज्ञानस्तदा राजा जातो हि शिववल्लभः।
मुक्तिं सायुज्यतां प्राप्तः शिवरात्रेरुपोषणात्॥ ९४ ॥
तेन लब्धं शिवाज्जन्म पुरा यत् कथितं मया।
दाक्षायणी वियोगाच्च जटाजूटेन विस्तरात्॥ ९५ ॥
वीरभद्रेति विख्यातो दक्षयज्ञविनाशनः।
य उत्पन्नो मस्तकाच्च शिवस्य परमात्मनः॥ ९६ ॥
शिवरात्रिव्रतेनैव तारिता बहवः पुरा।
प्राप्ताः सिद्धिं पुरा विप्रा भरताद्याश्च देहिनः॥ ९७ ॥
मान्धाता धुन्धुमारश्च हरिश्चन्द्रादयो नृपाः।
प्राप्ताः सिद्धिमनेनैव व्रतेन परमेण हि॥ ९८ ॥
शिवरात्रिसमं नास्ति व्रतं पापक्षयावहम्।
यत् कृत्वा सर्वपापेभ्यो मुच्यते नात्र संशयः॥ ९९ ॥
उपवासं करिष्यन्ति जागरेण समन्वितम्।
यथोक्तशास्त्रमार्गेण तेषां मोक्षो न संशयः॥ १०० ॥
अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च।
प्राप्नोति तत् फलं सर्वं नात्र कार्या विचारणा॥ १०१ ॥

इति श्रीस्कन्दमहापुराणे माहेश्वरखण्डे केदारखण्डे
शिवरात्रिव्रतकथा समाप्ता।

॥ श्रीहरिः ॥

नित्यपाठ साधन-भजन एव कर्मकाण्ड-हेतु

कोड	पुस्तक
592	**नित्यकर्म-पूजाप्रकाश** [गुजराती, तेलुगु भी]
1593	**अन्त्यकर्म-श्राद्धप्रकाश**
1895	**जीवच्छ्राद्ध-पद्धति**
1809	**गया श्राद्ध-पद्धति**
1928	**त्रिपिण्डी श्राद्ध-पद्धति**
1416	**गरुडपुराण-सारोद्धार** (सानुवाद)
1627	**रुद्राष्टाध्यायी**-सानुवाद
1417	**शिवस्तोत्ररत्नाकर**
1774	**देवीस्तोत्ररत्नाकर**
1623	**ललितासहस्रनामस्तोत्रम्** - [तेलुगु भी]
610	**व्रत-परिचय**
1162	**एकादशी-व्रतका माहात्म्य**— मोटा टाइप [गुजराती भी]
1136	**वैशाख-कार्तिक-माघमास-माहात्म्य**
1588	**माघमासका माहात्म्य**
1899	**श्रावणमासका माहात्म्य**
1367	**श्रीसत्यनारायण-व्रतकथा**
052	**स्तोत्ररत्नावली**—सानुवाद [तेलुगु, बँगला भी]
1629	,, ,, सजिल्द
1567	**दुर्गासप्तशती**— मूल, मोटा (बेड़िया)
876	,, मूल गुटका
1727	,, मूल, लघु आकार
1346	,, सानुवाद मोटा टाइप
118	,, सानुवाद [गुजराती, बँगला, ओड़िआ भी]
489	,, सानुवाद, सजिल्द [गुजराती भी]

कोड	पुस्तक
1281	**दुर्गासप्तशती** (विशिष्ट सं०)
866	,, केवल हिन्दी
1161	,, केवल हिन्दी मोटा टाइप, सजिल्द
819	**श्रीविष्णुसहस्रनाम**-शांकरभाष्य
206	**श्रीविष्णुसहस्रनाम**—सटीक
226	**श्रीविष्णुसहस्रनाम**—मूल, [मलयालम, तेलुगु, कन्नड, तमिल, गुजराती भी]
1872	**श्रीविष्णुसहस्रनामस्तोत्रम्** -लघु
509	**सूक्ति-सुधाकर**
1801	**श्रीविष्णुसहस्रनामस्तोत्रम्** (हिन्दी-अनुवादसहित)
207	**रामस्तवराज**—(सटीक)
211	**आदित्यहृदयस्तोत्रम्**— हिन्दी-अंग्रेजी-अनुवादसहित [ओड़िआ भी]
224	**श्रीगोविन्ददामोदरस्तोत्र** [तेलुगु, ओड़िआ भी]
231	**रामरक्षास्तोत्रम्**— [तेलुगु, ओड़िआ, अंग्रेजी भी]
1594	**सहस्रनामस्तोत्रसंग्रह**
1850	**शतनामस्तोत्रसंग्रह**
715	**महामन्त्रराजस्तोत्रम्**

नामावलिसहितम्

कोड	पुस्तक
1599	**श्रीशिवसहस्रनामस्तोत्रम्** (गुजराती भी)
1600	**श्रीगणेशसहस्रनामस्तोत्रम्**
1601	**श्रीहनुमत्सहस्रनामस्तोत्रम्**
1663	**श्रीगायत्रीसहस्रनामस्तोत्रम्**
1664	**श्रीगोपालसहस्रनामस्तोत्रम्**
1665	**श्रीसूर्यसहस्रनामस्तोत्रम्**

कोड	पुस्तक
1706	**श्रीविष्णुसहस्त्रनामस्तोत्रम्**
1704	**श्रीसीतासहस्त्रनामस्तोत्रम्**
1705	**श्रीरामसहस्त्रनामस्तोत्रम्**
1707	**श्रीलक्ष्मीसहस्त्रनामस्तोत्रम्**
1708	**श्रीराधिकासहस्त्रनामस्तोत्रम्**
1709	**श्रीगंगासहस्त्रनामस्तोत्रम्**
1862	**श्रीगोपाल स०**–सटीक
1748	**संतान-गोपालस्तोत्र**
563	**शिवमहिम्नःस्तोत्र** [तेलुगु भी]
230	**अमोघ शिवकवच**
495	**दत्तात्रेय-वज्रकवच** सानुवाद [तेलुगु, मराठी भी]
229	**श्रीनारायणकवच** [ओड़िआ, तेलुगु भी]
1885	**वैदिक-सूक्त-संग्रह**
054	**भजन-संग्रह**
1849	**भजन-सुधा**
140	श्रीरामकृष्णलीला-भजनावली
144	**भजनामृत**
142	**चेतावनी-पद-संग्रह**
1355	**सचित्र-स्तुति-संग्रह**
1800	**पंचदेव-अथर्वशीर्ष-संग्रह**
1214	**मानस-स्तुति-संग्रह**
1092	**भागवत-स्तुति-संग्रह**
1344	**सचित्र-आरती-संग्रह**
1591	**आरती-संग्रह**—मोटा टाइप
153	**आरती-संग्रह**
1845	**प्रमुख आरतियाँ**–पॉकेट
208	**सीतारामभजन**
221	**हरेरामभजन**— दो माला (गुटका)
222	**हरेरामभजन**—१४ माला
225	**गजेन्द्रमोक्ष**–सानुवाद, [तेलुगु, कन्नड़, ओड़िआ भी]

कोड	पुस्तक
385	**नारद-भक्ति-सूत्र एवं शाण्डिल्य भक्ति-सूत्र,** सानुवाद [बँगला, तमिल भी]
1505	**भीष्मस्तवराज**
699	**गङ्गालहरी**
1094	**हनुमानचालीसा**— हिन्दी भावार्थसहित
1917	,, मूल (रंगीन) वि०सं०
227	,, (पॉकेट साइज) [गुजराती, असमिया, तमिल, बँगला, तेलुगु, कन्नड, ओड़िआ भी]
695	**हनुमानचालीसा**—(लघु आकार) [गुजराती, अंग्रेजी, ओड़िआ, बँगला भी]
1525	**हनुमानचालीसा**—अति लघु आकार [गुजराती भी]
228	**शिवचालीसा**—असमिया भी
1185	**शिवचालीसा**–लघु आकार
851	**दुर्गाचालीसा, विन्ध्येश्वरीचालीसा**
1033	,, लघु आकार
232	**श्रीरामगीता**
383	**भगवान् कृष्णकी कृपा तथा दिव्य प्रेमकी....**
203	**अपरोक्षानुभूति**
139	**नित्यकर्म-प्रयोग**
524	**ब्रह्मचर्य और संध्या-गायत्री**
236	**साधक-दैनन्दिनी**
1471	**संध्या, संध्या-गायत्रीका महत्त्व और ब्रह्मचर्य**
210	**सन्ध्योपासनविधि एवं तर्पण-बलिवैश्वदेवविधि**— मन्त्रानुवादसहित [तेलुगु भी]
614	**सन्ध्या**

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोत

दिनेश कुमार तिवारी

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोत

दिनेश कुमार तिवारी

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख सन्दर्भ एवं सूचना स्रोत

(Major Reference and Information Sources of Sanskrit and Oriental Learings)

दिनेश कुमार तिवारी

M.A., MLIS, M. Phil.

सहायक पुस्तकाध्यक्ष,

सं०सं० वि०वि०, वाराणसी, (उ०प्र०)

2011

कला प्रकाशन

बी. 33/33 ए-1, न्यू साकेत कालोनी,

बी.एच.यू.वाराणसी

प्रकाशक :

कला प्रकाशन

बी. 33/33 ए - 1, न्यू साकेत कालोनी,

बी० एच० यू०, वाराणसी-5

दूरभाष : 0542-2310682

प्रस्तुत संस्करण : 2011

ISBN : 978-93-80467-98-6

मूल्य : 600.00 रुपये

कम्प्यूटर अक्षर संरचना :

कला कम्प्यूटर मीडिया

बी. 33/33 ए - 1, न्यू साकेत कालोनी,

बी० एच० यू०, वाराणसी-5

दूरभाष : 0542-2310682

मुद्रक :

महावीर प्रेस

भेलूपुरा, वाराणसी

प्रथम समर्पण

"ॐ"

श्री श्री 108 श्री हरसू ब्रह्मबाबा जी

के पावन चरणों में सभक्ति

सादर समर्पित !

द्वितीय समर्पण

"ॐ"

वन्दे पितरौ

पूज्य पिता श्री स्व. वासुदेव तिवारी एवं
श्रद्धामयी माँ स्व. श्रीमती रामसखी देवी के
स्तुत्य पावन चरणों में
सादर समर्पित ।

दिनेश कुमार तिवारी

भूमिका

प्रस्तुत ग्रन्थ "संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोत (Major Reference and Information Sources of Sanskrit and Oriental Learnings) की विशेषता यह है कि इस कृति में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या की प्रायः सभी शाखाओं में योगदान करने वाले सन्दर्भ ग्रन्थ एवं महत्वपूर्ण सूचना स्त्रोतों को संकलित करके उनमें निहित सूचना सामग्रियों का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया है । इस प्रकार भारतीय विद्या के क्षेत्र में यह ग्रन्थ एक महत्वपूर्ण कृति है जिसमें वैदिक काल से लेकर अद्यतन संस्कृत साहित्य तथा प्राच्य भारतीय विद्या में जितने भी प्रकार के सन्दर्भ एवं महत्वपूर्ण सूचना स्त्रोतों के प्रकाशन हुए हैं, उनमें से अधिकांश को इसमें संकलित किया गया है ।

प्रस्तुत ग्रन्थ में कुल बारह अध्यायों के अधीन उपलब्ध सन्दर्भ एवं सूचना सामग्रियों का सविस्तार व्याख्या की गयी है । जैसे इसके प्रथम अध्याय में संस्कृत वाङ्मय एवं सन्दर्भ ग्रन्थ एक संक्षिप्त परिचय, द्वितीय अध्याय में सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोत, तृतीय अध्याय में "शब्दकोश' "चतुर्थ अध्याय में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख विश्वकोश, पंचम अध्याय में "संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख सुभाषित संग्रह, षष्ट अध्याय में "प्रमुख वाङ्मय सूची", सप्तम अध्याय में "महत्वपूर्ण जीवनी स्त्रोत," अष्टम अध्याय में "महत्वपूर्ण भौगोलिक स्त्रोत," नवम अध्याय में, "महत्वपूर्ण शासकीय प्रकाशन" एवं शोध पत्रिकाएँ, दशम अध्याय में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख भारतीय ग्रन्थालय, प्रकाशन प्रतिष्ठान एवं विश्व संस्कृत पुस्तक मेला, एकादशन अध्याय में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के आन लाइन शब्दकोश एवं विश्वकोश तथा इनफ्लिबनेट का योगदान" तथा द्वादश अध्याय में संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के प्रमुख विषयगत इलैक्ट्रानिक, डिजिटल एवं ऑन लाइन सूचना स्त्रोतों के रूप में अध्यायीकरण किया गया है ।

आधुनिक विश्वविद्यालयों एवं शिक्षा केन्द्रों की भाँति ही प्राच्य तथा पारम्परिक विश्वविद्यालयों एवं शिक्षा केन्द्रों में भी शैक्षिक गतिविधियों एवं शोध कार्य तीव्रगति से सम्पन्न किये जा रहे हैं । ऐसे में ग्रन्थालयों एवं सूचनाकेन्द्रों में कार्यरत कुशल सूचना व्यवसायिक कर्मियों, ग्रन्थालयियों तथा अन्य सहयोगी व्यवसायिकों द्वारा आचार्यों, शोधार्थियों एवं छात्रों को उत्तम कोटि की ग्रन्थालय एवं सूचना सेवा प्रदान किया जा सके को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना की गयी है।

इस प्रकार यह कृति संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित आचार्यों, शोधार्थियों तथा छात्रों के साथ ही साथ, ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान से सम्बन्धित अध्यापकों, शोधार्थियों तथा छात्रों के लिए भी विशेष उपयोगी है क्योंकि ग्रन्थालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में सम्भवतः यह ग्रन्थ पहली कृति है जो आपके समक्ष प्रस्तुत है ।

दिनेश कुमार तिवारी

□□

श्रद्धा-सुमन

भारतवर्ष के सभी धर्मों में वाराणसी का मुख्य स्थान है । यह गंगा के किनारे बसा पवित्र हिन्दू तीर्थ है । वाराणसी भारतीय हिन्दू सभ्यता, संस्कृति एवं धर्म का प्राचीन काल से ही एक प्रमुख नगर है । जहाँ पर भूतभावन भगवान बाबा विश्वनाथ जी एवं जगत जननी माँ अन्नपूर्णाका निवास है, जिसके भगवत कृपा के प्रभाव से ही मैं जिसे अति दुष्कर एवं असम्भव समझता था वह कार्य इतनी सरलता एवं सहजता से पूर्ण हुआ । अतः सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ एवं माँ अन्नपूर्णा के चरणों में प्रस्तुत कृति को श्रद्धासुमन के रूप में अर्पित करता हूँ ।

गुरूजनों के प्रतिश्रद्धा-सुमनो को अर्पित करना मेरा परम कर्तव्य है । अतः प्रथमतः मान्य गुरूवर पूज्य चरण प्रो. योगेन्द्र प्रताप दूबे, भूतपूर्व आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, का. हि. वि. वि., वाराणसी के चरणों में यह कृति सादर समर्पित है ।

अपनी तिसरी श्रद्धा सुमन उन गुरूजनों, सहयोगी मनीषी एवं विद्वानों तथा पारिवारिक सदस्यों को सादर अर्पित है, जिन्होंने इस कार्य में मेरा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग दिया है । इसमें पूज्य भ्रातृचरण श्री रमेश देव त्रिपाठी, न्यास संरक्षक, श्री हरसू ब्रह्म धाम न्यास परिषद्, चैनपुर, जिला-भभुआ, बिहार, श्री राजेश्वर त्रिपाठी, ग्रन्थालयी, श्री हरसू ब्रह्म धाम न्यासपरिषद ग्रन्थालय, चैनपुर जनपद-भभुआ, विहार, प्रो. अजित कुमार पाण्डेय, समाजशास्त्र विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय, का.हि.वि.वि., वाराणसी एवं श्री राधारमण पाण्डेय (पूर्व आचार्य) ज्योतिष विभाग, प्राच्य विद्या एवैं धर्म विज्ञान संकाय, का. हि.वि.वि., वाराणसी के चरणों में अपनी कृतज्ञता अर्पित करता हूँ ।

अपनी चतुर्थ श्रद्धा-सुमन डा. सूर्यकान्त, पुस्तकाध्यक्ष, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, डा0 राम अवतार ओझा, महाविद्यालय पुस्तकाध्यक्ष, शतीस चन्द्र स्नाकोत्तर महाविद्यालय, बलिया, उ. प्र., डा. जवाहर लाल उपाध्याय, पुस्तकाध्यक्ष, दी. द. उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं डा. अंजनी कुमार मिश्रा, प्रधान सम्पादक, परिशीलन शोध पत्रिका (त्रैमासिक), वाराणसी को अर्पित करता हूँ जिन्होंने इस कार्य में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग किया है ।

अपनी पंचम श्रद्धा-सुमन अपने शुभेच्छु भाई, बहनों एवं मित्रों की सेवा में अर्पित करता हूँ, जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में मेरा सहयोग एवं उत्साहवर्द्धन किया है । इनमें मेरा कनिष्ट भ्राता श्री नागेन्द्र कुमार तिवारी, अधिवक्ता, वाराणसी का इस कृति के पूर्णता में सराहनीय योगदान रहा है ।

अपनी छठवीं श्रद्धा-सुमन सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के सरस्वती भवन ग्रन्थालय में कार्यरत उन सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारी संवर्ग को अर्पित करता हूँ, जिन्होंने यथासंभव इस कार्य के पूर्णता में सहयोग किया है । डा. प्रेम शंकर द्विवेदी, प्रबन्धक, कला प्रकाशन के प्रति मैं विशेष आभारी हूँ जिन्होंने अतिव्यस्त्ता के बाद भी प्रस्तुत कृति को नियत समय पर प्रकाशित करने का सराहनीय कार्य किया है।

धन्यवाद ज्ञापन समाप्त करूँ इसके पूर्व मैं अपने पूरे परिवार के प्रत्येक सदस्यों का विशेष आभारी हूँ जिनके निरन्तर उत्साहवर्द्धन एवं सहयोग से यह कृति पूर्ण हो सकी है।

अक्षय तृतीया — **दिनेश कुमार तिवारी**

6/05/2011

❑❑

विषय-सूची

(Contents)

□□

प्रथम अध्याय

संस्कृत वाङ्मय एवं सन्दर्भ स्रोत-एक संक्षिप्त परिचय
(Sanskrit Vangmaya and Reference Sources - A Brief Introduction)

1. भूमिका (Introduction)-

संस्कृत साहित्य या वाङ्मब जितना प्राचीन है उत्तना ही विराट है । 'साहित्य' शब्द का प्रयोग दो अर्थों में किया जाता है । जैसे सीमित प्रयोग एवं व्यापक प्रयोग । सीमित अर्थ के अन्तर्गत साहित्य के रचनात्मक एवं कलात्मक स्वरूप को सम्मिलित किया जाता है जो कि रसात्मक होता है। जबकि साहित्य के व्यापक अर्थ के अन्तर्गत संचित ज्ञान राशि का समस्त ज्ञान भण्डार समाहित होता है। इसी को दूसरे रूप में वाङ्मय कहा जाता है । इसके अन्तर्गत रचनात्मक एवं रसात्मक साहित्य तथा अतिरिक्त ज्ञान एवं विज्ञान से सम्बन्धित समस्त विद्याएँ परिगणित होती हैं।

अंग्रेजी भाषा में साहित्य एवं वाङ्मय दोनों के लिए एक ही शब्द लिटरेचर (Literature) का प्रयोग किया जाता है ।

2. संस्कृत वाङ्मय में सन्दर्भ ग्रन्थ-

संस्कृत वाङ्मय में उपाणि सूत्र या उणादि कोश एवं शब्दों की व्युत्पत्ति के लिए मानविय संस्कृत व्याकरण में उणादि सूत्रों का विशेष स्थान हैं । काशकृत्सन, शन्तनु, आपिशाली आदि आचार्यों के उणादि सूत्र इस समय प्राप्त नहीं है । परन्तु महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अपने वेदभाष्य में उणादिकोश को बहुत महत्व दिया है।

संस्कृतशास्त्र के विद्वानों के मत में वैदिक वाङ्मय का सबसे प्राचीनतम कोश 'निघण्टु' है। इसके कुल पाँच अध्याय हैं तथा इसमें कुल पदों की संख्या 1786 है। जबकि चन्द्रमणि विद्यालंकार के अनुसार, "निघन्टुकोश की शब्द संख्या 1773 बतलायी गयी है, जिसमें तीसरे अध्याय के तेरहवें खण्ड के तेरह उपमासूचक शब्दों को नहीं गिना गया है। प्रथम तीन अध्यायों के संकलन का नाम "नैघन्टुक काण्ड" है । चतुथर का "नैगम" तथा पंचम अध्याय का नाम "दैवत" है । कालान्तर में यास्काचार्य की निघन्टु शैली पर ही एक ऐतिहासिक संस्कृत शब्दकोश को "अमरकोश" नामक शीर्षक के नाम से रचना की गयी है । संस्कृत वाङ्मय में सन्दर्भ ग्रन्थों की परम्परा में सन्दर्भ ग्रन्थ को नियमित, नियमित और

नियंत्रित रूप में निबद्ध करने का पहला प्रयास निरूक्तकार तथा निघन्टु रचना के उन्नायक यास्काचार्य के द्वारा सम्पन्न किया गया है । इसप्रकार संस्कृत वाङ्मय में सबसे प्राचीन सन्दर्भ ग्रन्थ के रूप में यास्क कृत 'निघन्टु' का उल्लेख मिलता है । क्योंकि यास्क ने ही पहली बार निघन्टु के साथ निरूक्त की परिकल्पना कर शब्द को अर्थ काविस्तार दिया और अर्थ को शब्द का आश्रय दिलाया । आकार में लघु होने पर भी कोश ग्रन्थ का ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि विश्व में उपलब्ध वाङ्मय में सबसे प्राचीन शब्दकोश होने का गौरव इसी सन्दर्भ ग्रन्थ को प्राप्त है । यास्क का "निरुक्त" कोश रचना की प्रक्रिया को एक नया आयाम प्रदान करता है । "निघन्टु" की शब्दकोशीयता "निरूक्त" में ज्ञान कोशीयता का रूप धारण करती है । यास्काचार्य का "निरूक्त" सम्भवतः इस दिशा में पहला कदम था, जिसने संस्कृत वाङ्मय में विश्वकोश अथवा ज्ञानकोश की रचनात्मक प्रक्रिया का बीज बोया। यास्काचार्य के पूर्व विश्वकोश या ज्ञान कोश की भावना के प्रथम प्रवर्तक के रूप में महर्षिनारद को स्थान दिया गया है, जो कि वेदशास्त्र, पुराण, कल्पशास्त्र विद्या आदि ज्ञान की विभिन्न शाखाओं में अपने को पारंगत मानते थे ।

इसी प्रकार अमर सिंह द्वारा रचित "नाम लिंगानुसासन" जो अमरकोश के नाम से भी पूरे विश्व में एक महत्वपूर्ण संस्कृत सन्दर्भ ग्रन्थ के रूप में प्रसिद्ध है । अमरकोश पर भारत में नहीं, बल्कि विश्व के अन्य देशो में भी इसपर अनेक टीकाएँ लिखी जा चुकी है। चौथी एवं पाँचवी शती में यह पद्यबद्ध रचना मूलतः पर्यायवाची शब्दकोश के रूप में प्रणीत हुआ तथा यही वह सन्दर्भ कृति है जिससे विश्वकोश के प्रणयन की प्रेरणा मिली है। इसके बाद धीरे-धीरे संस्कृत वाङ्मय में एक के बाद सन्दर्भ ग्रन्थों की रचना होने लगी । इसी क्रम में शाश्वत का "अनेकार्थ समुच्चय", हलायुध कोश के नाम से प्रसिद्ध "अभिधान रत्नमाला", यादव प्रकाश जी "वैजयन्ती," हेमचन्द्र का "अभिधान चिन्तामणि", महेश्वर द्वारा रचित "विश्वप्रकाश" एवं "शब्दभेद प्रकाश" दो महत्वपूर्ण कोशों के अतिरिक्त भंवरक कवि का "अनेकार्थ", अजय पाल का "नानार्थ संग्रह", धनंजय की "नाममाला", केशव स्वामी का "शब्दकल्पद्रुम", एवं मेदिनीकर का नानार्थशब्दकोश निर्मित किये गये । इन सभी शब्दकोशों में ज्ञान की अपेक्षा शब्दों पर अधिक दृष्टि थी ।

कोशरचनाकारों का ध्यान सामान्य ज्ञान की ओर आकृष्ट करने वाला प्रथम संस्कृत कोश तर्क वाचस्पति तारानाथ भट्टाचार्य द्वारा रचित "वाचस्पत्यम" (1823) ने किया है तथा राजा राधाकान्तदेव द्वारा रचित "शब्दकल्पद्रुम (1828-58) के शब्दों को वाचस्पत्यम् ने "वाक्" की विशाल परिधि में प्रसारित किया है । वास्तव में ये दोनों अपनी-अपनी दृष्टि में शब्दकोश और विश्वकोश दोनों तथ्यों को साथ लेकर रूपायित हुए हैं । साहित्य, व्याकरण, ज्योतिर्विज्ञान, तन्त्रशास्त्र, दर्शनशास्त्र, संगतिशास्त्र, काव्यशास्त्र, इतिहास, चिकित्सा आदि अनेक विषयों का विवेचन इन दोनों कोशों में न्यूनाधिक मात्रा में समाविष्ट हैं ।

इस प्रकार शब्दकोश को वाङ्मयकोश बनाने का पहला भारतीय प्रयास इन दोनों कोशों में सम्पन्न हुआ है जिसके फलस्वरूप इन दोनों कोशों को संस्कृत शास्त्र के महत्वपूर्ण विश्वकोश के रूप में मान्यता दी गयी है । इसी क्रम में आगे चलकर यूरोप के ख्यातिलब्ध संस्कृत विद्वानों में मोनियर विलियम्स, विल्सन आदि विद्वानों के साथ ही साथ संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के कुछ भारतीय मूल के विद्वानों ने संस्कृत शब्दकोश को अन्तर्राष्ट्रीय एवं बृहद रूप प्रदान करने तथा वाङ्मय शब्दसाधना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान किये हैं। बामन शिव राम आप्टे द्वारा रचित "व्यावहारिक संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश" केवल एक शब्दकोश ही नहीं, बल्कि एक प्रकार से संस्कृत वाङ्मय कोश का ही एक प्रकार का प्रकारान्तर है । इसमें कोशकार ने शब्दों की व्याख्या करते समय रामायण, महाभारत आदि प्रसिद्ध ग्रन्थों के अतिरिक्त, काव्यसाहित्य, स्मृति ग्रन्थ, शास्त्रग्रन्थ, दर्शनशास्त्र आदि संस्कृत वाङ्मय से सम्बन्धित ज्ञान की विभिन्न शाखाओं का जो सोदाहरण व्याख्या प्रस्तुत किया है, उससे स्पष्ट होता है कि यह केवल एक शब्दकोश ही नहीं है, बल्कि प्राच्य विद्या की एक महत्वपूर्ण पद-निधि भी है । इसी प्रकार जर्मन विद्वान डा. राथ एवं बोथलिंक द्वारा प्रणीत जर्मन-संस्कृत कोश "वार्टरवच" (1858-75) में भी लगभग इसी प्रकार का प्रयास परिलक्षित होता है । फिर भी संस्कृत में एक पूर्ण वाङ्मय कोश की आवश्यकता बनी रही। 1829-1833 के दौरान अमेरिका में (Encyclopaedia Americana) "इनसाइक्लोपेडिया अमरीकाना" की रचना की गयी तथा इन्हीं विश्वकोशों के स्वरूप के अनुरूप भारतीय भाषाओं में भी साहित्यिक तथा साहित्येत्तर विश्वकोश के साथ ही साथ अन्य प्रकार के सन्दर्भ स्रोत भी निर्मित होने लगा । संस्कृत एवं प्राच्य विद्याओं के सन्दर्भ स्रोतों के अन्तर्गत विश्वबन्धुशास्त्री द्वारा प्रणीत 1929 में प्रकाशित "वैदिकशब्दार्थ पारिजात" एवं सात खण्डों में संकलित "वैदिक पदानुक्रमकोश", "ब्राह्मणोहदारकोश," उपनिषदुद्धारकोश जैसे महत्वपूर्ण सन्दर्भ कृतियों की रचना की गयी जो शब्दकोश एवं विश्वकोश के लक्षणों से युगपत अभिलक्षित हैं। इस दृष्टिकोण से चम्पूपति का "वेदार्थ शब्दकोश" तथा लक्ष्मणशास्त्री का "धर्मशास्त्रकोश" विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। पंडित राम अवतार शर्मा द्वारा प्रणीत "वाङ्मयार्णव" वर्तमान शताब्दी का संस्कृत शास्त्र का एक महत्वपूर्ण कोश है, जिसे सन् 1967 में प्रकाशित किया गया है ।

भारत की स्वाधीनता के पश्चात् लगभग सभी भारतीय भाषाओं में आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्बन्धित सन्दर्भ ग्रन्थों का प्रणयन बड़ी प्रचुरता के साथ होने लगा, जिसके फलस्वरूप प्रायः प्रत्येक भारतीय भाषा में विश्वकोशों की रचना हुई । तेलगु भाषा समिति ने 1967 से 1975 के मध्य सोलह खण्डों में "विज्ञान सर्वस्वम्" के नाम से भाषा, साहित्य, दर्शन, इतिहास, भूगोल, भौतिकी, रसायन, विधि, अर्थशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र आदि अनेक विषयों में विश्वकोश का प्रकाशन किया । इसी प्रकार मलयालम भाषा में 1970 के दौरान "विश्वविज्ञान कोशम्" का प्रकाशन किया गया । स्वाधीनता के पूर्व ही

मराठी भाषा में कई महत्वपूर्ण सन्दर्भ ग्रन्थों की रचना की जा चुकी थी तथा स्वतन्त्रता के बाद इस क्षेत्र में पंडित महादेव शास्त्री द्वारा सम्पादित "भारतीय संस्कृति कोश विशेष रूप से एक उल्लेखनीय सन्दर्भ कृति है । बंगाल में बंगीय साहित्य परिषद द्वारा इसी के आस-पास पाँच खण्डों में "भारतकोश" नामक विश्वकोश का प्रकाशन किया गया । जो आज भी भारतीय साहित्य के जिज्ञासुओं के लिए अत्यन्त उपादेय है । इसी प्रकार हिन्दी में वाराणसी के नागरी प्रचारिणी सभा ने बारह खण्डों में "हिन्दी विश्वकोश" का प्रकाशन किया। साहित्य अकादमी द्वारा अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित (Encyclopaedia of Indian Literature) "इन साइक्लोपिडिया ऑफ इण्डियन लिटेरेचर" भी भारतीय साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विश्वकोश है । परन्तु संस्कृत वाङ्मय को लेकर कोई विशेष प्रयास नहीं हुआ । यद्यपि डा. राजवंश सदाय "हीरा" जैसे विद्वान ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास अवश्य किया है । उनके द्वारा प्रणीत दो महत्वपूर्ण कोश "संस्कृत साहित्य कोश" तथा "भारतीय शास्त्र कोश" सन् 1973 में प्रकाशित किये गये हैं । ये दोनों कोश हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रकाशित "हिन्दी साहित्य कोश की भांति संस्कृत वाङ्मय के पाठकों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुए । किन्तु समग्र संस्कृत वाङ्मय का विवेचन प्रस्तुत करने वाला सर्वांगीण विश्वकोश का एक प्रकार से अभाव ही रहा जिसे संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के लब्धप्रतिष्ठित विद्वान डा. श्रीधर भास्कर वर्णेकर ने "संस्कृत वाङ्मय कोश" को सम्पादित कर इस अभाव को कुछ सीमा तक दूर करने का सफल प्रयास किया है ।

संस्कृत भाषा एवं साहित्य भारत की प्राचीनतम भाषा एवं साहित्य मानी जाती है, क्योंकि अनेक भाषाओं की उत्पत्ति का मूल संस्कृत ही है । फिर भी संस्कृत भाषा में आधुनिक प्रकार के विश्वकोश, शब्दकोश एवं अन्य प्रकार के सन्दर्भ कृतियों की संख्या अन्य आधुनिक विषयों से सम्बन्धित सन्दर्भ कृतियों की तुलना में बहुत कम है । जबकि प्राचीन काल से लेकर अद्यावधि भारत सहित विश्व के अन्य देशों के ग्रन्थालयों में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के संगहीत हस्तलिखित ग्रन्थों के संग्रहों में अब भी अधिक संख्या में कोशग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ विद्यमान हैं। इनके अधिकाधिक उपयोग हेतु संस्कृत के साथ ही साथ अन्तर्विषयी स्वरूपों पर अधिकाधिक शोध किया जाना उचित प्रतीत होता है ।

3. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के अन्य सन्दर्भ एवं सूचना स्रोत-

शब्दकोश, हस्तलिखित संग्रह कोश, संस्कृत शब्द और उनके अन्य भाषीय पर्याय कोश, अन्यान्यशास्त्रों के परिभाषिक शब्दकोश, महत्वपूर्ण ग्रन्थों की अकारादिवर्णानुक्रमिका इत्यादि विविध प्रकार का कोश वाङ्मय प्राचीन काल से आधुनिक काल तक यथावसर निर्माण होता रहा । चिकित्सात्मक एवं शोधात्मक कार्य करने वाले विद्वानों का कार्य ऐसे कोशों के उपयोग द्वारा बहुत सरल हो जाता है । यह भी निर्विवाद है संस्कृत कोश वाङ्मय का प्रारम्भ निघन्टु से हुआ । निघन्टु की रचना वैदिक मन्त्रों के स्पष्टीकरण के लिए की गयी। यास्काचार्य का निरूक्त निघन्टु रचना का ही भाष्य है । इसी प्रकार अनेक प्राचीन संस्कृत

के कवियों ने अनेक उपयोगी कोशों की रचना की । जिनमें मुरारि, मयूर, वामन, श्रीहर्ष, विल्हण इत्यादि साहित्यकार प्रमुख हैं। श्रीहर्षकृत "श्लेषार्थपद संग्रह" उत्तरकालीन साहित्यकारों के लिए बहुत सराहनीय रहा ।

कोश रचना की परम्परा में मध्य एशिया के काश्गर में आठ पृष्ठों का एक कोश प्राप्त हुआ जिसका लेखक कोई बौद्ध पण्डित माना जाता है । लेकिन इस कोश में काल और नाम विदित नहीं है, परन्तु यही अज्ञात कर्तृक एवं अज्ञात नामा अपूर्ण ग्रन्थ आधुनिक ऐतिहासिकों के मतानुसार संसार का प्रथम कोश माना जाता है । अन्यान्य टीका ग्रन्थों मे कत्यायनकृत नाममाला, वाचस्पतिकृत 'शब्दार्णव' विक्रमादित्य कृत संसारावर्त, व्याडिकृत उत्पलिनी इत्यादि प्राचीन कोशों के नाम मिलते हैं; परन्तु सम्पूर्ण भारत मे लोकप्रिय कोश है अमर सिंहकृत 'नामलिंगानुशासन' जो अमर कोश नाम से विशेष प्रचलित है । प्रस्तुत कोश के तीन काण्डों में दस हजार शब्दों का संग्रह मिलता है । इस कोश में नाम के साथ ही उसके लिंग का भी परिचय मिलता है । ईसवी सन् छठी शताब्दी के पूर्व ही इस कोश का चीनी भाषा में अनुवाद हो चुका था । अमरकोश के प्रभाव के फलस्वरूप ही सातवीं शताब्दी से लेकर सतरहवीं शताब्दी तक अनेक पद्यात्मक शब्दकोशों की रचना होती रही। इनमें से कुछ कोशों का विवरण इस प्रकार निम्नवत हैं–हारावली या त्रिकाण्डकोश-लेखक-पुरूषोत्तमदेव ई. सातवी शती ।

धनंजयनिघन्टु या नाम माला-लेखक-धनंजय । अनेकार्थनाममाला-लेखक-धनंजय ।

वैजन्यती - लेखक - यादव प्रकाश (11वीं शती) ।

अभिधानरत्नमाला - लेखक - हलायुध दसवीं शती ।

शब्दकल्पद्रुम-लेखक-केशव स्वामी - बारहवीं शती ।

विश्वप्रकाश - लेखक - महेश्वर - बारहवीं शती ।

नानाथररत्नमाला - लेखक - अभय पाल - बारहवीं शती ।

अभिधान चिन्तामणि - लेखक - हेमचन्द्र - बारहवीं शती ।

नानार्थरत्नमाला - लेखक - इरूगपद दण्डाधिनाथ चौदहवीं शती ।

नानार्थशब्दकोश - लेखक - मेदिनीकर - चौदहवीं शती ।

शब्दचन्द्रिका एवं शब्द रत्नाकर - लेखक- वामन भट्ट । 15वीं शताब्दी ।

सुन्दर प्रकाश-शब्दार्णव - लेखक - पद्यसुन्दर-सोलहवीं शती ।

कल्पद्रुम - लेखक - केशव देवज्ञ - सतरहवीं शती ।

नाम संग्रह माला - लेखक - अप्पय्य दीक्षित । सतरहवीं शती ।

इस प्रकार अन्यान्य कोश रचनाकारों ने शब्दों की व्यवस्था अन्यान्य पद्धति से की है, जैसे किसी कोश में लिंगानुसार, किसी में शब्द की अक्षरसंख्या के अनुसार, किसी में अक्षरक्रमानुसार तो किसी-किसी में पर्यायी शब्दों की संख्या के अनुसार शब्द व्यवस्था की

गयी है । संस्कृत एवं प्राच्य विद्या में इन कोशों के अतिरिक्त एकाक्षर कोश द्विरूपकोश, त्रिरूपकोश इत्यादि अज्ञातकर्तृक कोश भी लिखे गये हैं । उदाहरण स्वरूप "महाव्युत्पत्तिकोश" में बौद्ध धर्म में प्रचलित विशिष्ट संज्ञाओं का स्पष्टीकरण मिलता है । सोरहवीं शताब्दी में फारसी शब्दों के संस्कृत पर्यायों के लिए "पारसी प्रकाश" नामक एक कोश लिखा गया। पारसी प्रकाश के पहले ही कर्णपूर ने संस्कृत-पारसिक प्रकाश की रचना की थी । शाहजहाँ के काल में ज्योतिष के प्रसिद्ध विद्वान वेदांगराय ने ज्योतिष विषयक शब्दों का फारसी प्रकाश नाम से एक कोश लिखा था ।

शिवाजी महाराज ने अपने सभा पंडित रघुनाथ हणमंते द्वारा राज्य व्यवहारकोश की रचना करवायी । इस पद्यात्मक कोश में तत्कालीन मुसलमानीं राज्यों मे प्रचलित फारसी राजकीय शब्दों के संस्कृत पर्याय को भी सम्मिलित किया गया है । इस राजव्यवहार कोश की यह प्रमुख विशेषता है । तदुपरान्त आधुनिक काल में संस्कृत के अन्य भाषीय पर्याय देने वाले अकारादिवर्णानुसार सूचीप्राय कोशों की रचना प्रारम्भ हुआ । इस श्रेणी के कुछ महत्वपूर्ण कोशों का उल्लेख निम्नवत है–डिक्शनरी आफ बेंगाली एण्ड संस्कृत-लेखक ग्रेब्ज हाग्रून-1833 में लन्दन में मुद्रित । संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी-लेखक-बेनफे । 1866 में लन्दन में मुद्रित ।

संस्कृत एण्ड इंग्लिश डिक्शनरी - लेखक - रामजसन । 1870 में लन्दन में मुद्रित। प्रैक्टिकल संस्कृत डिक्शनरी - लेखक आनन्द राम बरूआ । 1877 में कलकत्ता से प्रकाशित ।

संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरी - लेखक - केपलर । 1891 में ट्रांसवर्ग में मुद्रित ।

संस्कृत - इंग्लिश डिक्शनरी - लेखक - मोनियर विलियम्स - 1899 ।

सरस्वतीकोश - लेखक जीवराम उपाध्याय - 1912 मे मुरादाबाद से प्रकाशित।

स्टूडेन्टस इंग्लिश - संस्कृत डिक्शनरी लेखक - वामन शिवराम आप्टे । सर्वप्रथम सन् 1924 में मुम्बई से प्रकाशित ।

संस्कृत - हिन्दी कोश - लेखक द्वारका प्रसाद चतुर्वेदी । 1917 में लखनऊ से प्रकाशित ।

संस्कृत-हिन्दी कोश - लेखक - विश्वम्भर नाथ शर्मा । 1924 में मुरादाबाद से प्रकाशित ।

प्रैक्टिकल - संस्कृत डिक्शनरी - लेखक - मैक्डोनेल । सन् 1924 में लन्दन में मुद्रित ।

पद्मचन्द्रकोश - लेखक गणेश दत्त शास्त्री - सन् 1925 में लाहौर से मुद्रित ।

संस्कृत-गुजराती शब्दादर्श-लेखक - गिरिजाशंकर मेहता, सन् 1924 में अहमदाबाद से प्रकाशित ।

सार्थ वेदार्थ निघन्टु - लेखक - शिवराम शास्त्री शिंगे । यह कोश वैदिक - मराठी कोश का एक प्रमुख उदाहरण है ।

आदर्श हिन्दी - संस्कृत कोश - लेखक - राम स्वरूप शास्त्री । 1936 में वाराणसी से प्रकाशित ।

आधुनिक संस्कृत हिन्दी कोश - लेखक-ऋषीश्वर भट्ट । सन् 1955 में आगरा से प्रकाशित ।

संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ - लेखक - द्वारका प्रसाद शर्मा एवं तारिणीश झा । सन् 1957 में प्रयाग से प्रकाशित ।

व्यवहार कोश - लेखक - सदाशिव नरायण कुलकर्णी । यह सन् 1951 में नागपूर से प्रकाशित है ।

इन शब्दकोशों के अतिरिक्त विविध शास्त्रीय कोशों को भी अर्वाचीन काल में निर्मित किया गया जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण कोशों का विवरण इस प्रकार निम्नवत हैं–

धातुरूप चन्द्रिका - रचनाकार -व्ही. व्ही. उपाध्याय ।

धातुरत्नाकर - रचनाकार - श्रीधरशास्त्री पाठक (आठ भाग में)

अष्टाध्यायी शब्दानुक्रमणिका-श्रीधरशास्त्री पाठक ।

महाभाष्य शब्दानुक्रमणिका - श्रीधरशास्त्री पाठक ।

संस्कृत धातुरूप कोश - कृ. भा. वीरकर ।

संस्कृत शब्द रूप कोश - कृ. भा. वीरकर ।

तिङ्न्तार्णवतरणि कोश - कृ. भा. वीरकर ।

प्रत्ययकोश - गुंडेराव हरकरे ।

न्यायकोश - भीमाचार्य झलकीकर द्वारा रचित ।

मीमांसाकोश - केवलानन्द सरस्वती - (चार भागों में) ।

निघन्टुमणिमाला या वैदिक कोश- मधुसूदन विद्या वाचस्पति ।

गोज्ञानकोश - पं. श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ।

ऐतरेय ब्राह्मण आरन्यक कोश - केवलानन्द सरस्वती ।

कौषीतकी ब्राह्मण आरन्यक कोश ।

वैदिक कोश - रचनाकार - हंसराज ।

सामवेद पादनाम् अकारादि वर्णानुक्रमणिका - रचनाकार - स्वामी विशेश्वरानन्द एवं स्वामी नित्यानन्द ।

धर्मकोश - रचनाकार - लक्ष्मणशास्त्री जोशी ।

धर्म कोश - (उपनिषत्काण्ड)- रचनाकार - लक्ष्मण शास्त्री जोशी ।

स्मृति तत्वम् - रघुनन्दन भट्टाचार्य द्वरा रचित । इसमें कुल 28 स्मृतियों का संग्रह हैं ।

स्मृतीनां समुच्चय - यह 27 स्मृतियों के संग्रह के लिए प्रसिद्ध कोश है ।

पुराण विषय अनुक्रमणिका - यशपाल - टंडन द्वारा रचित ।

पुराणशब्दानुक्रमणिका - तीन भागों में डी. आर. दीक्षित द्वारा निर्मित ।

महाभारत शब्दानुक्रमणिका ।

भरतकोश - यह नाट्य संगीत विषयक पारिभाषिक शब्दकोश है । भारतीय राजनीतिक कोश (कालिदास खण्ड) - रचनाकार वेंकट शास्त्री जोशी ।

वैदिक पदानुक्रम कोश - रचनाकार - विश्वबन्धुशास्त्री ।

यह कोश सात भागों में पहले चरण में मुद्रित हुआ ।

सर्वतन्त्र सिद्धान्त - पदार्थ लक्षण संग्रह ।

वैदिक शब्दार्थ पारिजात ।

कौटिलीय अर्थशास्त्र पद सूची - कुल तीन भागों में मुद्रित हुआ ।

पुरातन जैनवाक्य सूची । जैन स्तोत्र रत्नाकर ।

व्रह्मस्तोत्ररत्नाकर - इसमें 500 स्तोत्रों का संग्रह है।

कहावत रत्नाकर संस्कृत - हिन्दी एवं अंग्रेजी कहावतों का संग्रह ।

आधुनिक संस्कृत शब्दकोश के निर्माण परम्परा में सन् 1942 में डा. सुमन्त मंगेश कत्रे के नेतृत्व में पूणे के डेकन कालेज में एक महत्वपूर्ण परियोजना प्रारम्भ किया गया। इस कोश परियोजना के अन्तर्गत ई. पू. चौदहवीं शती से ई. सन् आठरहवीं शती तक संस्कृत भाषा में निर्मित सर्वांगीण प्रकार के दो हजार ग्रन्थों से पाँच लाख शब्दों का संग्रह, उनकी व्युत्पत्ति, अर्थांतर एवं विविध ग्रन्थों में उनके प्रयोग इत्यादि अनेक प्रकार की जानकारी उपलब्ध करायी जा सके को दृष्टिगत करते हुए इसे प्रारम्भ किया गया है । इस दौरान कोश निर्माण के क्षेत्र जो महत्वपूर्ण कार्य हुआ वह था कि प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों की सूचियाँ बनना । संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के यूरोपीय विद्वान पंडित मैक्समूलर स्वयं भारतीय हस्तलिखित ग्रन्थों में निहित विपुल ज्ञान भण्डार का बार-बार प्रशंसा किया है । उन्होंने इण्डिया, व्हाट इट कैन टीच अस' नामक अपने ग्रन्थ के द्वारा भारत के हस्तलिखित भण्डारों की ओर पूरे विश्व के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विद्वानों का चित्त आकृष्ट किया जिसके फलस्वरूप कुछ पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय हस्तलिखित ग्रन्थों के सूचीरूप कोश निर्माण का कार्य प्रारम्भ किये।

सन् 1784 में कलकत्ता में रायल ऐशियाटिक सोसायटी की स्थापना होकर संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विभिन्न विषयों के हस्तलिखित ग्रन्थों का संचयन प्रारम्भ हुआ।

इस सोसायटी के द्वारा सर विलियम जोन्स एवं उनकी पत्नी ने एक साथ मिलकर सन् 1807 में संस्कृत ग्रन्थ संग्रह की प्रथम सूची प्रकाशित की । सन् 1807 में हेनरी टॉमस कालेब्रूक को एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बेंगाल नामक संस्था का अध्यक्ष पद प्राप्त हुआ। उनके द्वारा संगृहीत सारे हस्तलिखित संस्कृत ग्रन्थ, लन्दन के इण्डिया ऑफिस में सुरक्षित रखे गये । इसी सोसाइटी द्वारा सन् 1817 से 1834 तक पंडित हरिप्रसाद शास्त्री के नेतृत्व में ग्रन्थ सूची के प्रथम सात भागो को निर्मित किया गया तथा शेष भागों के सम्पादन कार्य श्री चिन्ताहरण चक्रवर्ती तथा चन्द्रसेन गुप्त द्वारा सन् 1945 तक संचालित होता रहा ।

मैक्समूलर की प्रेरणा से प्रभावित होकर एक अन्य विद्वान डा. बूल्हर-भारत में आये। उन्होंने पैरीस, लन्दन तथा ऑक्स फोर्ड आदि स्थानों पर संस्कृत ग्रन्थों की जानकारी प्राप्त की। बाम्बे संस्कृत सीरीज नामक ग्रन्थमाला का प्रकाशन को उन्होंने शासकीय सहायता से शुरू कराया । डा. बूल्हर मुम्बई राज्य की शोध संस्था के अध्यक्ष नियुक्त हुए तथा वे स्वयं अपने निर्देशन में लगभग 2300 महत्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रन्थों का संशोधन एवं सम्पादन करवाया जिससे प्रभावित होकर श्री राजेन्द्र लाल मित्र ने "नोटिसेस ऑफ संस्कृत मॅन्युस्क्रिप्टस" नामक ग्रन्थ के नौ खण्डों का प्रकाशन किया । इसके अग्रिम दो खण्डों को हर प्रसाद शास्त्री ने प्रकाशित किये । विंटरनिट्स ने बोडलियन ग्रन्थालय के संग्रह की सूची निर्मित करने कार्य शुरू किया । डा. कीथ ने डा. स्टीन की इंडियन इन्स्टट्यूट ऑक्सफोर्ड में सुरक्षित संग्रह की सूची तैयार की जो 1903 में ऑक्सफोर्ड के कलेरेन्डन प्रेस द्वारा मुद्रित हुई । इसी प्रकार बोडलियन ग्रन्थालय के पालि ग्रन्थों की सूची निर्मित करने का कार्य फ्रैंकफर्टर ने सन् 1882 में पूर्ण किया । 1825-1901 के दौरान डा. वेबर ने बर्लिन के राजकीय पुस्तकालय के संस्कृत हस्तलिखित ग्रन्थों की बृहत्सूची तैयार की । जबकि सन् 1869 में कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कालेज के ग्रन्थ संग्रह की बृहत्सूची आफ्रेट ने तैयार की। सन् 1870 में जेम्स डी. अलीज ने कोलम्बो में भारतीय संस्कृत ग्रन्थों की सूची प्रकाशित की । 1870 में ही एन.सी. बर्नेल ने लन्दन के इण्डिया ऑफिस के संस्कृत ग्रन्थों की सूची का प्रकाशन किया । सन् 1880 में "क्लासीफाईड इन्डेक्स टू दि संस्कृत मॅन्युस्क्रिप्टस इन दि पैलेस ऑफ तंजौर" नामक खण्ड को बर्नेल ने लन्दन से प्रकाशित किया । इसी प्रकार ज्यूलियस एकलिंग ने सन् 1887 एवं 1896 में लन्दन से संस्कृत ग्रन्थों की दो सूचियाँ प्रकाशित की । 1935 में कीथ और टॉमस की सूची तथा ओल्डेन वर्ग की सूची का प्रकाशन लन्दन में हुआ । सन् 1883 में जोसिल बंडाल और राइस डेव्हिडस ने कैम्ब्रिज विश्व विद्यालय में संस्कृत और पालि ग्रन्थों की सूची प्रकाशित की । इसी क्रम में 1874 के मध्य डॉ0एफ0 कील हार्न ने भारत के संस्कृत ग्रन्थों की सूची प्रकाशित की। डा. कीलहार्न का दूसरा महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि सन 1880-81 के मध्य मुम्बई राज्य के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची को श्री काशीनाथ कुंटे के सहयोग से तैयार करवाकर सन्

1881 में उसे प्रकाशित करवाया । इसी तरह से पीटर्सन के बृहत् सूची को 1883 तथा 1898 में कुल छः खण्डों में प्रकाशित किया गया। इसके साथ ही साथ पीटर्सन ने अलवर नरेश के संग्रह की सूची को भी संकलित किया। इस कार्य को पूर्ण करने का दायित्व पीटर्सन के बाद डा. रामकृष्ण गोपाल भंडारकर को सौंपा गया। डा. भण्डारकर ने 1917 से 1929 तक की अवधि में ओरिएन्टल लाइब्रेरी, पुणे के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूचियों को सात खण्डों में प्रकाशित किये । जबकि रायल एशियाटिक सोसाइटी के संग्रह की जिन सूचियों को श्री हरिदामोदर वेलणकर ने तैयार किया उनको क्रमशः 1926, 1928 तथा 1930 में प्रकाशित किया गया । तंजोर के सरस्वती महल के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची सन् 1880 में बर्नेल ने तैयार की । तदन्तर यह कार्य पी.पी.एस. शास्त्री ने सम्भाला तथा निर्मित इस बृहत्सूची को कुल 19 खण्डों में प्रकाशित किया गया । तंजौर के सरस्वती महल ग्रन्थालय में लगभग पचीस हजार से अधिक हस्तलिखित ग्रन्थ संग्रहीत हैं। दक्षिण भारत में हस्तलिखित ग्रन्थों के ग्रन्थ सूची का कार्य सर्वप्रथम गुस्ताव ओपर्ट ने शुरू किया । उनके द्वारा सम्पादित दो खण्ड सन् 1880 एवं 1885 में प्रकाशित हुए । मैसूर और कूर्म राज्य में ग्रन्थ सूची का सम्पादन कार्य लेबिज राईस ने किया । इनके द्वारा निर्मित सूची को सन् 1884 में बंगलोर से प्रकाशित किया गया। मद्रास सरकार की ओरिएन्टल मॅन्युस्क्रिप्टस लाईब्रेरी की ओर सन् 1893 में निर्मित प्रथम सूची का प्रकाशन हुआ । तदनन्तर यह कार्य शेषागिरी शास्त्री ए, शंकरन आदि विद्वानों के अधीन संचालित होता रहा । सन् 1984 तक इस ग्रन्थालय द्वारा हस्तलिखित ग्रन्थों के निर्मित सूचियों को कुल 30 से अधिक खण्डों में प्रकाशित किया जा चुका है ।

वर्तमान चेन्नई के अन्तर्गत स्थित अडयार थियोसोफिकल सोसाइटी के ग्रन्थालय में हस्तलिखित ग्रन्थों का एक विशाल ग्रन्थ संग्रह है । सन् 1920 एवं 1928 में इस संग्रह से सम्बन्धित "ए कैटलॉग आफ दि संस्कृत मैन्युस्क्रिप्टस" नामक दो खण्ड प्रकाशित हुए। सन् 1942 में डा. कुन्हन राजा एवं के. माधव कृष्णा शर्मा ने वैदिक भाग की सूची प्रकाशित की । जबकि 1947 में व्ही. कृष्णम्माचार्य ने व्याकरण भागों की सूची तैयार की । सन् 1895 से 1906 तक कलकत्ता संस्कृत कालेज ग्रन्थालय के हस्तलिखित संग्रह की सूची को पं. हृषीकेश शास्त्री एवं शिव चन्द्र गुंई ने तैयार की । कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा सन् 1930 में असमीज मॅन्युस्क्रिप्टस नामक दो सूची खण्डों को प्रकाशित किया गया जिनमें संस्कृत हस्तलिखित ग्रन्थों का भी उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार वाराणसी के सरस्वती भवन ग्रन्थालय में भी सवालाख से अधिक पाण्डुलिपियों का विशाल संग्रह है । हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के इस विशाल संग्रह से सम्बन्धित अबतक कुल तेरह खण्डों में तथा इकतिस भागों में निर्मित विवरण पंज्जिकाओं को प्रकाशित किया जा चुका है । जम्मू-काश्मीर के रघुनाथ मन्दिर के ग्रन्थालय के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची पंज्जिका को डा. स्टीन ने तैयार किया, जिसे सन् 1894 में मुम्बई से प्रकाशित किया गया । पं. रामचन्द्र काक और हर

भट्ट शास्त्री ने काश्मीर नरेश के पुस्तकालय की हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची तैयार किये जिसे 1907 में मुम्बई से प्रकाशित किया गया । बड़ौदा की केन्द्रीय ग्रन्थालय के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची जी.के. गोड़े एवं के. एस. राम स्वामी शास्त्री ने तैयार किये तथा इसे सन् 1925 में गायक वाड़ ओरियन्टल सीरीज् की ओर से प्रकाशित किया गया । डा. काशी प्रसाद जायसवाल एवं ए. बनर्जी ने मिथिला के हस्तलिखित संग्रहों की सूची तैयार किये जिसको बिहार - उड़ीसा रीसर्च सोसाइटी ने 1927 से 1940 के मध्य कुल चार खण्डों में प्रकाशित कराया । उज्जयिनी की ओरियन्टल मैन्युस्क्रिप्टस लाईब्रेरी द्वारा सन् 1936 एवं 1941 में दो सूची पंज्जिकाओं को प्रकाशित किया गया । गायकवाड़ ओरियन्टल सीरीज् ने अपने हस्तलिखित संग्रहों के प्रथम विवरण पंजिका को 1937 में बड़ौदा में प्रकाशित कराया जबकि इसका दूसरा खण्ड को सन् 1942 में प्रकाशित किया गया ।

इसी प्रकार जैसलमेर राज्य के ग्रन्थालय के हस्तलिखित ग्रन्थों की सूची पंज्जिका को भी गायकवाड़ ओरियन्टल सीरीज के द्वारा ही प्रकाशित किया गया । त्रिवेन्द्रम् के सरकारी ग्रन्थालय में संग्रहीत हस्तलिखित ग्रन्थों के कुल आठ भागों में निर्मित विवरण पंज्जिकाओं को 1985 तक प्रकाशित किया गया है ।

4. पालि एवं बौद्ध वाङ्मय में सन्दर्भ ग्रन्थ-

बौद्ध विद्वानों, कवियों एवं दार्शनिकों द्वारा व्यक्तिगत रूप से ग्रन्थ रचना का कार्य कनिष्क के समय से प्रारम्भ हुआ । कनिष्क के काल में ही बौद्ध विद्वान एवं कवि अश्वघोष ने "बुद्ध चरित" तथा "सौन्दरनन्द" नामक महाकाव्यों की रचना की । इसके पहले ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में मिलिन्द और नागसेन का दार्शनिक संवाद "मिलिन्दपन्ह" नामक ग्रन्थ निर्मित किया जा चुका था । इसी शताब्दी के महा कच्चायन द्वारा नेत्ति प्रकरण" की रचना हुई थी । जिसमें अभिधर्म पिटक की शैली में त्रिपिटकों के गूढ़ अर्थों की व्याख्या की गयी है। इसके अतिरिक्त परवर्ती बौद्ध साहित्य में अनेक मूर्धन्य विद्वानों जैसे आचार्य बुद्धघोष, भदन्त, बुद्ध दत्त, स्थविर, धम्मपाल, नागार्जुन, वसुबन्ध एवं असंग तथा धर्मकीर्ति द्वारा बौद्ध वाङ्मय में अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थों की रचना की गयी । इसी प्रकार बौद्ध दर्शन से सम्बन्धित अनेक दार्शनिक विद्वानों जैसे प्रभाकर गुप्त, विनीत देव, देवेन्द्र बुद्धि, शंकरानन्द, जितेन्द्र बुद्धि, कल्याणरक्षित रविगुप्त, अर्चट, शान्तभद्र, दुर्वेक भिक्षु, कर्णकगोमिन एवं धर्मोत्तर द्वारा आठवीं सदी तक बौद्ध दर्शन पर अनेक ग्रन्थों की रचना की गयी थी ।

बौद्ध वाङ्मय के अन्तर्गत जिन ग्रन्थों को सम्मिलित किया गया है, वे ग्रन्थ पालि एवं संस्कृत दोनों भाषाओं में लिखित हैं। इस साहित्य का बहुत अधिक अंश त्रिपिटक में समाविष्ट है । त्रिपिटक विविध विद्वानों द्वारा लिखित अथवा संकलित विविध ज्ञान विषयों का वृहद ज्ञान भण्डार है । धर्म, नीति एवं आचार वर्ग में बौद्ध वाङ्मय के लगभग कुले सोलह ग्रन्थों को सम्मिलित किया जा सकता है । जो कि इस प्रकार निम्नांकित हैं–सामञ्ञफलसुत्त, अम्बट्ठसुत्त, सोणदण्डसुत्त, महालिसुत्त, कस्स्पसीह्वादसुत्त, छः अन्यसुत्त, महासतिपट्ठान

एवं पायसिराजञ्ञ सुत्त, पाथिकवग्ग, मज्झिमनिकाय, संयुत निकाय, अङ्गुत्तर निकाय, खुद्दक पाठ, धम्मपद, इतिवुत्तक, विनयपिटक, बुद्धघोषकृत विसुद्धिमग्ग एवं अन्य अट्ठकथाएँ आदि।

इसी तरह दर्शन वर्ग के अन्तर्गत पालि भाषा में रचित ग्रन्थों जैसे, ब्रह्मजाल सुत्त, जालियसुत्त, महानिदानसुत्त, मज्झिम निकाय के दार्शनिक सुत्त, संयुत निकाय के दार्शनिक सुत, पटिसम्भिदामग्ग, अभिधमपिटक, धम्म सङ्गणि, विभङ्ग, धातुकथा, पुग्गलपञ्ञति, कथावत्थु, यमक, पट्ठान, नेत्तिप्पकरण, पेटको पदेस एवं मिलिन्द पन्ह आदिप्रमुख हैं; तथा संस्कृत में रचित तीन ग्रन्थों-महाप्रज्ञा-पारमिताशास्त्र, मध्यमककारिका, विग्रह व्यावर्तनी, अभिधर्मकोश तथा प्रकरण पाद को स्थान दिया गया है ।

साहित्य वर्ग के अन्तर्गत बौद्ध साहित्य से सम्बन्धित ग्रन्थों को उनकी भाषाओं के आधार पर पालि एवं संस्कृत भाषा में वर्गीकृत किया गया है । विबरखुणी संयुत, सुत्त निपात, थेरगाथा, थेरीगाथा, निद्देस, दीपवंश एवं महावंश आदि ग्रन्थों की भाषा पालि है। पुराकथा एवं मिथक वर्ग के अन्तर्गत जिन ग्रन्थों को सम्मिलित किया गया है उनमें कूटदन्तसुत्त, महा-पदानसुत्त, महासुदस्सनसुत्त, जनवसमसुत्त, महागोविन्दसुत्त, महासमसुत्त व सङ्कपन्हसुत्त है। मज्झिमनिकाय का मखादेव सुत्त, संयुत्तनिकाय में पुराकथा एवं मिथक में विमानवत्थु एवं पेतवत्थु, अपदान, बुद्धवंश, जातक एवं चरियापिटक के साथ ही साथ संस्कृत भाषा में रचित कुछ बौद्ध ग्रन्थों जैसे–महावस्तु, ललितविस्तार एवं सद्धर्म पुण्डरीक अवदान को भी सम्मिलित किया गया है । इतिहास एवं जीवनी संवर्ग के अन्तर्गत बौद्ध वाङ्मय के जिन ग्रन्थों को सम्मिलित किया गया है उनमें दीघनिकाय का महापरिनिब्बासुत्त, मज्झिम निकाय के कुछ सुत्त, जीवनी एवं इतिहास से सम्बद्ध संयुत निकाय के संयुत, उदान तथा खन्धक आदि महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं। बौद्ध वाङ्मय के अन्तिम वर्ग तन्त्र एवं गुह्याचार में आटानाटियसुत्त को सम्मिलित किया गया है, जो कि सुत्तपिटक के दीघनिकाय के महावग्ग का नवम सुत्त है ।

इस प्रकार बौद्ध वाङ्मय एवं पालि साहित्य में आठवीं सती तक अनेक ग्रन्थों की रचना की गयी, फिर भी बौद्ध वाङ्मय एवं पालि साहित्य में सन्दर्भ ग्रन्थों का अभाव सा प्रतीत होता है । चौथी शताब्दी में बौद्ध दार्शनिक वसुबन्ध द्वारा संस्कृत भाषा में "अभिधर्मकोश" नामक ग्रन्थ की रचना की गयी है जो बौद्ध दशरन की एक महत्वपूर्ण कृति है । इसमें कुल आठ कोश स्थान है तथा उसमें कुल 600 कारिकाएँ हैं जिन पर वसुबन्ध ने स्वयं ही भाष्य लिखा था ।

5. प्राकृत वाङ्मय में सन्दर्भ ग्रन्थ-

प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक संस्कृत, पालि एवं प्राकृत आदि भारतीय भाषाओं के कोश साहित्य पर विहंगमवलोकन से निम्नलिखित पद्धति दृग्गोचर होती हैं । जैसे

एकार्थक या पर्यायार्थक - यथा निघण्टु, अमरकोश आदि । निरूक्तात्मक यथा निरूक्त कोश आदि । देशी शब्दों का संग्राहक-अभिधान राजेन्द्र, शब्द कल्पद्रुम तथा जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश आदि । विविध भाषा कोश तथा सूक्ति संग्राहक कोश ।

संस्कृत वाङ्मय की भांति ही प्राकृत वाङ्मय समृद्ध एवं व्यापक है । प्राचीनकाल में भारत के दूर प्रान्तों में प्राकृत भाषा बोल-चाल की भाषा थी । प्राकृत भाषा में अर्द्धमागधी एवं शौरसेनी जैन आगम ग्रन्थों की भाषाओं का सर्वप्रथम स्थान आता है । अशोक शिलालेख जो ई. पूर्व लगभग 250 वर्ष के हैं, प्राकृत भाषा में विरचित हैं।

अर्द्धमागधी भाषा में निबद्ध आगम साहित्य के अंग प्रविष्ट एवं अंगबाह्य दो भेद हैं। अंग प्रविष्ट के अन्तर्गत द्वादशाङ्गी का स्थान आता है । अंतिम दृष्टिवाद की परम्परा लूप्त हो गयी है । इस प्रकार प्राचीन काल में आश्रमों एवं गुरूकुलों में आचार्यों द्वारा दिये गये उपदेशों को सुनकर ही याद रखा जाता था । अध्ययन काल में ही गुरू द्वारा शब्दों के विभिन्न अर्थों का निरूपण कर दिया जाता था । उस समय प्राकृत वाङ्मय में कोश नामक अलग कोई साहित्य नहीं था । इस प्रकार आचारांगादि में अनेक स्थानों पर एकर्थक एवं पर्यायार्थक तथा निरूक्तिमूलक शब्दों का विनियोजन किया गया है । प्राकृत वाङ्मय में सन्दर्भ ग्रन्थ परम्परा के अन्तर्गत सबसे प्राचीन कोश ग्रन्थ का नाम "भगवतीसूत्र" है । इसमें शताधिक शब्दों के पर्याय या एकार्थक शब्द विन्यस्त हैं। जीव, क्रोध, मान, माया, लोभ, आज्ञा, अर्ह, यथाश्रुत, प्राणी आदि अनेक शब्दों के एकार्थक शब्द उपलब्ध हैं। चूर्णि साहित्य में अनेक स्थलों पर पर्याय शब्द उदिष्ट हैं। विशेष ज्ञान के लिए चूर्णि साहित्य का अवलोकन आवश्यक है । आगम एवं उनके व्याख्या साहित्य की प्राकृत कोश-साहित्य के उदगम स्थल हैं। तबतक स्वतन्त्र रूप से प्राकृत साहित्य का कोई भी कोश ग्रन्थ उपलब्ध नहीं था ।

इस प्रकार धनपाल द्वारा रचित "पाइयलच्छीनामाला" प्राकृत साहित्य का प्रथम ज्ञान कोशग्रन्थ है । पाइयलच्छी के बाद आचार्य हेमचन्द्र ने "देशीनाममाला" कोश ग्रन्थ की रचना की थी । यह प्राकृत एवं देशी शब्दों के ज्ञान के लिए बहुत महत्वपूर्ण कोश ग्रन्थ है । इसमें भारतीय एवं आर्यभाषाओं के अनेक शब्दों की सांगोपांग - जीवन-यात्रा प्रस्तुत की गयी है । इसके बाद बनारस के प्रसिद्ध विद्वान पं. दामोदरशास्त्री ने "उक्ति व्यक्ति प्रकरण" नामक कोश ग्रन्थ का निर्माण किया । इसका दूसरा नाम प्रयोग प्रकाश भी है। देश्य भाषा के शब्द संग्राहक ग्रन्थों में इसका महत्वपूर्ण स्थान है । फिर 17वीं शताब्दी में एक जैन विद्वान साधु सुन्दर गणि ने "उक्ति रत्नाकर" की रचना की थी । इसमें देश्य भाषा के अनेक प्रकार के उक्तिमूलक शब्दों का संग्रह किया गया है तथा इसका दूसरा नाम "औक्तिक पद" भी है ।

आधुनिक काल में प्राकृत वाङ्मय के अन्तर्गत प्राकृत साहित्य एवं कोश ग्रन्थों के क्षेत्र में जर्मन विद्वान होएफर ने सन् 1836 में अपने शोध निबंध "डे प्राकृत हियलेक्टो लिब्रिदुओं" में विचार प्रकट किया था । इसी समय लास्सन एवं आल्सफोर्ड ने प्राकृत भाषा

एवं बोलियों को आधार बनाकर महत्वपूर्ण शोधकार्य किया तथा 1879 में डॉ. बूलर ने ही "पाइयलच्छीनाममाला" का सम्पादन कर गॉटिगन से प्रकाशित करवाया ।

स्वतन्त्र प्राकृत कोश निर्माण की आवश्यकता महसूस करते हुए सन् 1912 में इटली के विद्वान डॉ. ल्यूई. जी. स्वाली ने प्राकृत कोश निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया किन्तु उसी समय विश्वयुद्ध की भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाने के कारण यह कार्य पूर्ण न हो सका ।

"अभिधान राजेन्द्र कोश" जैसे महान ग्रन्थ से इस परम्परा का सूत्रपात होता है तथा अबतक लगभग एक दर्जन से अधिक स्वतन्त्र कोश ग्रन्थों का निर्माण हो चुका है । प्राकृत वाङ्मय के इन आधुनिक कोशों में "अभिधान राजेन्द्र कोश", "जैन कक्को कोश," "अर्धमागधी कोश," "पाइयसद्दमहण्णवकोश", "प्राकृत - हिन्दी कोश", "एकार्थक कोश" "देशीशब्दकोश", "निरूक्तकोश" एवं "कुन्द-कुन्द शब्द कोश" प्रमुख कोश ग्रन्थ हैं ।

इस प्रकार संस्कृत वाङ्मय के अन्तर्गत सन्दर्भग्रन्थों की रचना प्रक्रिया के ऐतिहासिक अन्वेषण में संस्कृत रचनाकारों तथा संस्कृत साहित्य का सर्वाधिक योगदान रहा है । वर्तमान में उपलब्ध सन्दर्भ ग्रन्थो के अनेक रूपों में से संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ऐतिहासिक अन्वेषण में सन्दर्भ स्रोत के शब्दकोश एवं विश्वकोश केवल दो ही रूपों को प्रधानता दी गयी थी । फिर भी संस्कृत एवं प्राच्य भारतीय विद्या में रुचि रखने वाले कुछ यूरोपीय विद्वानों के प्रयास से संस्कृत वाङ्मय में सन्दर्भ स्रोतों के अन्तर्गत शब्द कोशों एवं विश्वकोशों से हटकर कुछ अन्य रूपों की भी रचना की गयी हैं, जैसे– Catalogus Catalogorum by Theodore Aufrecht, Bibliographie Vedique by Louis Renou, A Vedic Concordance by Maurice Bloomfield, Vedic index of names and subjects by A.A. Macdonnell and A.B. Keith. A Concordance to the Principal Upanishads and Bhagavadgita by Jacab (1891), Max Muller's Word Index to Rigveda. मैक्समूलर के इस कृति को सन् 1872 एवं 1874 में दो खण्डों में प्रकाशित किया गया तथा इस ग्रन्थ का पुनर्संस्करण सन् 1908 में स्वामी विश्वेश्वरानन्द एवं स्वामी नित्यानन्द के सहयोग से सम्पन्न किया गया । Worterbuch zum rigveda by Grasmann (1873).

संस्कृत एवं प्राच्य भारतीय विद्या में रूचि रखने वाले यूरोपीय विद्वानों के साथ ही साथ प्राच्य विद्या में रूचि रखने वाले कुछ भारतीय विद्वानों ने भी संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित सन्दर्भ स्रोतों के अन्तर्गत शब्द कोशों एवं विश्वकोशों से हटकर सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के अन्य रूपों की रचना में महत्वपूर्ण योगदान किये हैं। इनमें स्वामी विश्वेश्वरानन्द, स्वामी नित्यानन्द, आर. एन.डाण्डेकर, डा. वी. राघवन, डा. के कुन्जुन्नीराजा, एन. विजिनाथन आदि प्रमुख हैं। A Complet Index of All the Words in the Yajurveda, Vedic Bibliography और New Catalogus Catalogorum आदि इन भारतीय विदों की प्रमुख रचनाएँ हैं।

6. संस्कृत वाङ्मय एवं सूचना प्रद्यौगिकी-

कम्प्यूटर एवं संचार प्रद्यौगिकी के आगमन के फलस्वरूप इन्टरनेट एवं वेब तकनीक ने अन्य क्षेत्रों की तरह संस्कृत वाङ्मय के प्रकाशन के क्षेत्र में भी अपना पर्दापर्ण कर दिया है, जिससे प्रकाशन के क्षेत्र में संस्कृत एवं भारतीय विद्या से सम्बन्धित संस्थाओं को एक नयी दिशा ई अथवा जिडिटल प्रकाशन की प्राप्ति हुई है। इस तकनीक के माध्यम से संस्कृत वाङ्मय से सम्बन्धित सन्दर्भ स्त्रोतों का प्रकाशन इलैक्ट्रॉनिक रूपों में किया जाता है। मुद्रित के भांति ही ई - प्रकाशन में भी विविध प्रकार के सन्दर्भ एवं सूचना सामग्री जैसे–ई-शब्दकोश, ऑनलाइन शब्दकोश, डिजिटल शब्दकोश, ई–विश्वकोश, ई-बुक्स, ई-पत्रिकाएँ, ई-मैग्जीन एवं ई-वुलेटिन आदि प्रकाशित हो रहे हैं । ई-सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोत समान्यतया ग्रन्थों का जिडिटल रूपांतरण है जो इलैक्ट्रॉनिक विधियों से संग्रहीत एवं प्राप्त किये जा सकते हैं ।

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित प्राचीन एवं दुर्लभ सन्दर्भ ग्रन्थों एवं अद्यतन सूचना एवं सन्दर्भ स्त्रोतों के इलैक्ट्रानिक प्रकाशन में अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । Cologne Digital Sanskrit Dictionaries, Online Sanskrit Dictionary, Andre's Signoret's French-Sanskrit Dictionary, A Scanned Sanskrit - German Dictionary by Delbruck, E-Biographical Dictionary और Internet Encyclopaedia of Philosophy आदि संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में इलैक्ट्रॉनिक सन्दर्भ ग्रन्थ के प्रमुख उदाहरण हैं ।

इस प्रकार ई-सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोत मुद्रित सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोतों की तुलना में अधिक उपयोगी एवं सूचना प्रद होती हैं, तथा इन्हें बिना किसी बाधा के प्राप्त किया जा सकता है।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

1. वर्णेकर, श्रीधर भास्कर, संस्कृत वाङ्मय कोश, प्रथम खण्ड, कोलकत्ता, भारतीय भाषा परिषद, 1988 ।
2. विद्यालंकार, सुभाष, योगशब्द कोश, दिल्ली, प्रतिभा प्रकाशन, 2005 ।
3. सिंह, परमानन्द बौद्ध साहित्य में भारतीय समाज, वाराणसी, मा. गा. का. वि. पी., 1996 ।
4. पाण्डेय, हरिशंकर, प्राकृतरूप रचना कोश, दिल्ली, न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन, 2001 ।
5. http : //www. Sanskrti-lexicon.uni-koeln.de/
6. http : //www. Sanskrti-documents.org/dict/
7. Internet Encyclopaedia of Philosophy.

❑❑

द्वितीय अध्याय

सूचना एवं सन्दर्भ स्त्रोत, अर्थ एवं परिभाषा
(Reference and Information Sources, Meaning and Definitions)

प्राच्य भारतीय विद्या एवं संस्कृत साहित्य अपनी विशेषता के लिए पूरे विश्व में ख्यातिलब्ध है तथा अन्य साहित्यों की भाँति ज्ञान विस्फोट की इस वर्तमान युग में इसमें भी अपार वृद्धि हुई है । इसके फलस्वरूप संस्कृत वाङ्मय से सम्बन्धित सूचना उपयोक्ताओं की आवश्यकताओं में निरन्तर वृद्धि दर्ज की गयी है । उपयोक्ताओं की इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर प्राच्य भारतीय विद्याओं एवं संस्कृत साहित्य में उपलब्ध सूचनाओं के विपुल भण्डार को एक बार-पुनः व्यवस्थित करने की आवश्यकता है जिससे अन्य साहित्यों की तरह इस क्षेत्र के उपयोक्ताओं को भी वर्तमान में उपलब्ध सभी प्रकार के सूचना स्त्रोतों जैसे प्रलेखीय, गैर प्रलेखीय, इलेक्ट्रानिक, इन्टरनेट एवं डिजिटल आदि रूपों से अवगत कराया जा सके । चिन्तन करते रहना मनुष्य की प्रकृति है, और इसी चिन्तन, मनन आदि गतिविधियों के फल स्वरूप सूचना का जन्म होता है । वर्तमान में 'सूचना' शब्द को शक्ति के रूप में जाना जाता है अर्थात् जिसके पास सूचना है वही शक्तिशाली है । भारतवर्ष प्राचीन काल से ही पूरे विश्व का सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व करता रहा, इसकी मुख्य वजह थी कि भारत के पास सांस्कृतिक सूचनाओं का विपुल भण्डार था जो विश्व के और किसी देश अथवा राष्ट्र के पास नहीं था । इससे साफ-साफ स्पष्ट है कि सूचना ही शक्ति है। जिन देशों में सूचना संग्रहण, प्रदाय एवं उन्हें सर्वसुलभ बनाने की सुविधा है, उन देशों में राजनैतिक, प्रद्यौगिक एवं आर्थिक सुदृढ़ता अधिक होती है । सूचना विस्फोट के इस वर्तमान युग में सूचना का प्रयोग एक आवश्यक वस्तु के रूप में हो रहा है ।

सूचना का निर्माण विभिन्न मानवीय क्रिया-कलापों एवं घटनाओं के फलस्वरूप होता है । व्यक्ति एवं संस्थाएं दोनों ही अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सूचनाओं का उपयोग करते हैं । शोध एवं अनेक विकासात्मक प्रयोग के द्वारा नवीन सूचनाओं का जन्म होता है, तदनन्तर इन्हीं सूचनाओं के आधार पर और कई नयी सूचनाओं का श्रृजन होने लगता है।

1. अर्थ एवं परिभाषा (Meaning and Definitions)-

'सूचना' शब्द अंग्रेजी भाषा के (Information) का रूपान्तर है । डाटा (Data), तथ्य (Fact), बुद्धि (Intellegent) और ज्ञान (Knowledge) जैसे शब्दों को सूचना के

पर्यायवाची के रूप में सम्मिलित किया गया है । इसलिए सूचना का वास्तविक अर्थ जानने के लिए कुछ परिभाषाओं पर विचार करना उचित होगा । Webster's New Twentieth Century Dictionary, 1983 के अनुसार, "सूचना शब्द से आशय किसी भी प्रकार से संग्रहीत अध्ययन-अथवा शिक्षण द्वारा ग्रहण की गयी उन तथ्यों अथवा समंकों से है, जो लिखित या मौखिक रूप में तथ्यों, संमकों या ज्ञान पर आधारित हों।"[1]

Random House Dictionary of English Language, 1983 के अनुसार, ज्ञान वह है जो तथ्य अथवा परिस्थिति विशेष के सम्बन्ध में प्राप्त अथवा सम्प्रेषित हुआ हो, ऐसा कोई भी ज्ञान, जिसे सम्प्रेषण, शोध अथवा शिक्षण द्वारा संचित किया गया हो।"[2]

इस प्रकार रैन्डम हाउस डिक्सनरी ऑफ इंगलिश लैंग्वेज द्वारा प्रस्तुत परिभाषा में सूचना के पर्यायवाची के रूप में डाटा, तथ्य, बुद्धि, परामर्श, सूचना, ज्ञान तथा विवेक जैसे शब्द समूहों को सम्मिलित किया गया है । इन शब्दों का सम्बन्ध सूचना नामक आवधारण से है । अतएव ये सूचना के पर्यायवाची हैं। सूचना का सम्प्रेषण शब्दों अथवा मौखिक सम्प्रेषण अथवा लिखित रूप में होता है । सूचना अध्ययन अथवा शिक्षण द्वारा उपयोग की जाती है तथा इसका संचयन किसी भी रूप में किया जा सकता है । सामान्य रूप से लोग सूचना और ज्ञान को पर्यायवाची शब्दों के रूप में प्रयोग करते हैं, परन्तु इन दोनों शब्दों के अर्थों में सूक्ष्म अन्तर भी है । इस प्रकार सूचना प्रतिमानों को अधिक संगठित रूप में व्याख्या द्वारा प्रस्तुत कर इन्हें ज्ञान में परिवर्तित किया जा सकता है ।

इस प्रकार ज्ञान दो रूपों में निहित होता है–(i) Tacit Knowledge जिसे प्रगट न किया गया हो अथवा व्यक्तिात ज्ञान एवं (ii) Explicit Knowledge स्पष्ट रूप से व्यक्त किया हुआ ज्ञान अथवा वस्तुनिष्ठ ज्ञान । ग्रन्थालयों, सूचना एवं प्रलेखन केन्द्रों में ग्रन्थ के रूप में प्रकाशित कृतियों में उपलब्ध ज्ञान का विश्लेषण करने, सम्प्रेषित एवं प्रसारित करने में सूचना व्यवसायिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है ।

2. सन्दर्भ स्त्रोत (Reference Sources)-

पुस्तकालयों में पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देना सन्दर्भ विभाग द्वारा सम्पन्न होता है। पुस्तकालय में सन्दर्भ 'प्रश्नों की उत्तर देने की विधि एक समान होते हुए भी प्रयुक्त खोज की विधियों का कोई निश्चित आधार नहीं होता है। विभिन्न पुस्तकालयों में साहित्यिक खोज नीति, ग्रन्थों की पर्याप्त उपलब्धी एवं सन्दर्भ ग्रन्थालयी की कार्यक्षमता एवं अनुभव पर निर्भर करती है ।

इस प्रकार पुस्तकालयों में सन्दर्भ स्त्रोतों के माध्यम से पाठकों द्वारा पूछे गये संदर्भ प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं; अर्थात् जिन स्त्रोतों के माध्यम से पाठकों के सन्दर्भ प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं, उन्हें सन्दर्भ स्त्रोत कहा जाता है ।

सन्दर्भ शब्द का शाब्दिक अर्थ-

-'सन्दर्भ' शब्द संस्कृत-धातु "दृभ" जिसका अर्थ है बाँधना या बुनना, में "सम्" उपसर्ग लगाकर बना है । संस्कृत कोष के अनुसार, "सन्दर्भ का अर्थ है एक साथ बाँधने वाला, संयोजित करने वाला, मिलाने वाला या बुनने वाला । इन सब अर्थों का मूल तत्व है दो या अधिक वस्तुओं का संयोग । अर्थात् पाठक एवं पाठ्य सामग्री के मध्य सम्पर्क स्थापित करना ।[3]

पुस्तकालयों में सन्दर्भ स्रोत में उन ग्रन्थों को सम्मिलित किया जाता है, जिन्हें पुस्तकालय से बाहर ले जाने का प्रावधान नहीं होता । परन्तु ग्रन्थालयों में सन्दर्भ ग्रन्थों के अतिरिक्त बहुमूल्य एवं दुर्लभ-ग्रन्थ भी उपलब्ध होते हैं । क्या उन सभी को सन्दर्भ ग्रन्थ की श्रेणी में रखा जा सकता है, ऐसा नहीं है । इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि सन्दर्भ स्रोत के अन्तर्गत किस प्रकार के ग्रन्थों को सम्मिलित किया जा सकता है । A.L.A. Glossary of Library Terms के अनुसार, "सन्दर्भ कृतियाँ जो इस उद्देश्य से निर्मित की गयी होती है–वह कृति जो अपेक्षाकृत लगातार अध्ययन करने के उसके विषय वस्तु के अनुसार की इस ढंग से निर्मित एवं संकलित की गयी होती है जिससे किसी निश्चित सूचना सामग्री का अवलोकन किया जा सके ।"[4] ऐसी कृति को सन्दर्भ ग्रन्थ कहा जाता है। इस प्रकार सन्दर्भ स्रोत वे कृतियाँ होती हैं जिन्हें विशेष प्रकार से विशिष्टढंग से निर्मित किया गया होता है जिनको विशिष्ट प्रकार की सूचना के लिए उपयोग में लाया जाता है । सन्दर्भ स्रोत के अन्तर्गत शब्दकोश (Dictionary) अब्दकोश (Year Books), निर्देशिकाएँ (Directories) विश्वकोश (Encyclopadias) एवं गगेटिययर (Gazetteers) को सम्मिलित किया जा सकता है । इनके अतिरिक्त सन्दर्भ प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस किसी प्रलेख या अभिलेख का उपयोग किया जाता है ऐसे सारे प्रलेखों या अभिलेखों को सन्दर्भ स्रोत कहा जाता है । सभी प्रकार के ग्रन्थालयों में त्वरित एवं दीर्घ कालीन सन्दर्भ सेवा प्रदान किय जाते हैं। उपयोक्ताओं द्वारा वांछित सन्दर्भ प्रश्नों के उतर देते समय उपयोक्तओं की प्रकृति एवं ग्रन्थालयों की श्रेणी का विशेष ध्यान रखना पड़ता है । सार्वजनिक ग्रन्थालय, शैक्षणिक ग्रन्थालय एवं विशिष्ट ग्रन्थालय में त्वरित एवं दीर्घकालीन सन्दर्भ प्रश्नों के समाधान हेतु अलग-अलग विधियों को उपयोग में लाया जाता है । त्वरित सन्दर्भ सेवा में उपयोक्ताओं के सन्दर्भ प्रश्नों के उत्तर या तो स्वयं सन्दर्भ कर्मी देता है, या तो उपयोक्ता के प्रश्न से सम्बन्धित स्रोत के विषयवस्तु एवं उपयोग में उसे सहायता करता है ।

दीर्घकालीन सन्दर्भ सेवा में त्वरित सन्दर्भ सेवा की तुलना में अधिक समय लगता है। उपयोक्ताओं द्वारा पूछे गये ऐसे प्रश्नों के उत्तर देने में सन्दर्भ ग्रन्थालयी को एक से अधिक ग्रन्थों में से सूचना खोजनी पड़ती है तथा यह सेवा सभी प्रकार की ग्रन्थालयों में दी जा सकती है। इस प्रकार दीर्घकालीन सन्दर्भ सेवा के अन्तर्गत उपयोक्ताओं के सन्दर्भ प्रश्नों का उत्तर देने के लिए आधे घण्टे से लेकर एक दिन या सप्ताह लग सकते हैं । दीर्घ

कालीन सन्दर्भ प्रश्नों का उत्तर ग्रन्थालय में उपलब्ध सूचना के विभिन्न स्रोतों में से खोजना पड़ता है। त्वरित सन्दर्भ प्रश्नों की तुलना में दीर्घ सन्दर्भ प्रश्न जटिल प्रकृति के होते हैं । कभी-कभी ऐसे सन्दर्भ प्रश्नों का उत्तर ग्रन्थालय में उपलब्ध सूचना स्रोतों से खोजने पर भी नहीं मिलता है तो इस स्थिति में या तो अन्य ग्रन्थालयों में उपलब्ध सूचना स्रोतों का उपयोग किया जाता है या सम्बन्धित प्रश्नकर्ता को निर्देशपरक सेवा प्रदान की जाती है । निर्देश परक सेवा को रेफरल सेवा के नाम से भी सम्बोधित किया जाता है । रेफरल सेवाएँ उपयोक्ता को पूछे गये प्रश्न से सम्बन्धित ग्रन्थ अथवा सूचनाएँ प्रदान नहीं करती हैं, बल्कि इसमें उपयोक्ता को स्रोतों से सम्बन्धित अन्य सूचना केन्द्रों, ग्रन्थालयों, शोध संस्थानों, द्वितीयक प्रकाशनों या विषय विशेषज्ञों के बारे में बताया जाता है कि वे सब कहाँ प्राप्त होंगे । रेफरल सेवाएँ स्वयं या ग्रन्थालय एवं सूचना केन्द्रों में प्रदत अन्य सेवाओं के सहयोग से कार्य कर सकती हैं। एक छोटे भौगोलिक क्षेत्र में उपयोक्ताओं को विना किसी बाधा के रेफरल सेवाएँ प्रदान की जा सकती है ।

वर्तमान में कम्प्यूटर एवं संचार प्रद्यौगिकी के उपयोग ने ग्रन्थालय एवं सूचना केन्द्रों द्वारा प्रदत्त विभिन्न पारम्परिक सेवाओं के साथ-साथ पूर्व प्रचलित सन्दर्भ सेवा को डिजिटल अथवा इलेक्ट्रॉनिक सन्दर्भ सेवा के रूप में परिवर्तित कर दिया है ।

डिजिटल सन्दर्भ सेवा मुख्य रूप से इन्टरनेट आधारित सन्दर्भ सेवा है, तथा इसको (Ask-An-Expert) आस्कएन-एक्सपर्ट या (Ask-A-Librarian) आस्क - ए- लाइब्रेरियन के नाम से भी जाना जाता है । इस सेवा में सन्दर्भ प्रश्न के उत्तर प्राप्त करने के लिए उपयोक्ताओं को अपने इ-मेल के द्वारा इन्टरनेट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र को भरकर सम्बन्धित यू.आर.एल. पर प्रेषित करना पड़ता है । इस प्रकार जिडिटल सन्दर्भ सेवा में सन्दर्भ प्रश्नों का उत्तर इन्टरनेट पर विभिन्न वेबसाइटों के माध्यम से विभिन्न-ग्रन्थालयों के सूचना विशेषज्ञों के द्वारा दिया जाता है । डिजिटल सन्दर्भ विशेषज्ञों को वॉलून्टीयरस या मेन्टरस भी कहा जाता है । अलग-अलग विषयों में अनेक बेवसाइटों पर प्रश्न एवं उत्तर से सम्बन्धित डेटाबेसों एवं ए. सेट ऑफ एफ.ए. क्यूस पैकेजों का निर्माण किया गया है। इन डेटाबेसों एवं पैकेजों से इन्टरनेट पर उपयोक्ताओं को सन्दर्भ प्रश्नों का उत्तर तत्काल प्राप्त होता है । डिजिटल सन्दर्भ सेवा प्रदान करने में स्रोतों एवं विशेषज्ञों से सम्पर्क स्थापित करने में वर्चूअल सन्दर्भ डेस्क (http : //www. Vrd. org) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

हस्तगत या पारम्परिक सन्दर्भ सेवा की तुलना में डिजिटल सन्दर्भ सेवा में उपयोक्ताओं द्वारा इन्टरनेट के उपयोग हेतु एक निश्चित शुल्क का भुगतान करना पड़ता है, क्योंकि अब भी बहुत से ऐसे स्वचालित ग्रन्थालय एवं सूचना केन्द्र हैं जो डिजिटल सन्दर्भ सेवा प्रदान करने में असमर्थ हैं । सन्दर्भ ग्रन्थ (Refeence Books)-सूचना की ऐसी कृतियाँ हैं जिन्हें सन्दर्भ कृति कहते हैं; वे प्राथमिक एवं मौलिक स्रोतों की सूचना सामग्री को अत्यधिक व्यवस्थित ढंग से इस क्रम में प्रस्तुत करती हैं जिससे अध्येता को सरलतापूर्वक

अभिष्ट सूचना प्राप्त हो सके । यद्यपि वांछित सूचना सन्दर्भ कृतियों से प्राप्त होता है जो इनमें निहित होता है, तथापि इन्हें गौण सूचना स्रोतों की श्रेणी में रखा जाता है । ऐसी कृतियों में विश्वकोश (Encyclopaedias), शब्दकोश (Dictionaryes), हैण्डबुक एवं मैन्यूल (Handbooks and Manuals), सारणियाँ (Tables) एवं सूत्र पुस्तिकाएँ (Formularies) आदि होती हैं। द्वितीयक सूचना स्रोतों की ये कृतियाँ महत्वपूर्ण सूचना के स्रोत मानी जाती हैं जो नित्यप्रति के उद्यत एवं त्वरित सन्दर्भ के कार्य एवं सेवा हेतु प्रयुक्त की जाती है । इनमें निहित सूचना सामग्रियों को इस ढंग से प्रस्तुत एवं आकलित किया गया होता है जिससे नित्य प्रति की वांछित सूचना को सरलता पूर्वक सुलभ किया जा सके ।

4. **सूचना स्रोत (Sources of Information)**- विभिन्न प्रकार के प्रकाशित सूचना स्रोतों को मुख्य रूप से दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है।

(1) प्रलेखीय स्रोत (Documentary Sources).

(2) अप्रलेखीय स्रोत (Non-Documentary Sources).

प्रलेखीय स्रोतों में निहित सूचना के आधार पर उनको तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है–

प्राथमिक सूचनास्रोत, द्वितीयक सूचना स्रोत एवं तृतीयक सूचना स्रोत ।

4.1 प्राथमिक सूचना स्रोत (Primary Sources)-

प्राथमिक स्रोत के अन्तर्गत शोध अथवा प्रयोग या मानवीय क्रिया कलापों के द्वारा निर्मित सूचनाओं को सम्मिलित किया जाता है । ऐसी सूचनाएँ जिसे सर्वप्रथम जिन प्रलेखों या अभिलेखों के द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं ऐसे प्रलेखों या अभिलेखों को प्राथमिक सूचना का स्रोत कहा जाता है । ये मुद्रित एवं अमुद्रित दोनों प्रकार के हो सकते हैं । जैसे किसी पत्रिका में किसी विषय से सम्बन्धित प्रथम बार प्रकाशित कोई लेख, दैनिक समाचार पत्रों के प्रतिवेदन, मोनोग्राफों शोध प्रबन्धों एवं पाण्डुलिपियाँ । सूचना के इन प्राथमिक स्रोतों को मूल स्रोत कहते हैं । सभी विषयों से सम्बन्धित शोध कार्यों के लिए प्राथमिक सूचना स्रोत अति आवश्यक होते हैं क्योंकि यही स्रोत विशेषज्ञों को शोध कार्य के विकास में आधार प्रदान करते हैं ।

प्राथमिक सूचना स्रोतों के आधार पर नवीन सूचनाओं की रचना की जाती है तथा शोधकार्य की पुनरावृत्ति को रोकने में अधिक सुविधा होती है ।

प्राथमिक सूचना स्रोतों की श्रेणियों के अन्तर्गत प्रकाशनों के अनेक रूपों को सम्मिलित किया गया है, जैसे शोध पत्रिकाएँ (Research Journals), धारावाहिक (Serials), मैगजीन (Magazine), बुलेटिन (Bulletin), सम्मेलन कार्यवाही (Proceedings) मानक (Standards), एकस्व (Patents), शोध प्रबन्ध (Dissertations), व्यसायिक साहित्य (Trade Literature), सरकारी प्रकाशन (Government Publications), मानचित्र एवं चार्ट्स (Maps and Charts) तथा अप्रकाशित स्रोत (Unpublished Sources).

(1) शोध पत्रिकाएँ (Research Journals)-

नवीन सूचनाओं के प्रसार के लिए पत्रिकाएँ एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं । 17वीं सदी के मध्य में शोधों एवं प्रयोगों द्वारा प्राप्त परिणामों के सूचनाओं के प्रसार एवं प्रचार हेतु पत्रिकाओं का प्रचलन प्रारम्भ हुआ । इसको एक खुले अभिलेख (an open record) के रूप में विकसित किया जिसमें प्रत्येक शोधकर्त्ता अपने विचारों अथवा मतों की समीक्षा अथवा आलोचना हेतु अपने साथी वैज्ञानिकों के समक्ष प्रस्तुत करते रहे । यद्यपि वर्तमान में उपलब्ध पत्रिकाओं में केवल वास्तविक शोध एवं खोजों से सम्बन्धित वास्तविक सूचना ही नहीं मिलती, बल्कि विशिष्ट विषयों से सम्बन्धित प्रशासनिक एवं व्यक्तिगत समाचार के साथ-साथ समाज के अन्य क्षेत्रों से सम्बन्धित लेखों के सारांश एवं पुस्तक समीक्षा आदि से सम्बन्धित सूचनाएँ भी मिलती है।

शोध पत्रिकाओं के अन्तर्गत इसके अन्य रूपों जैसे बुलेटिनस या विज्ञप्तियाँ, जर्नलस, प्रोसीडिंग्स एवं ट्रान्जंकसन्स आदि को सम्मिलित किया जाता है । ये पत्रिकाएँ एक निश्चित अन्तराल पर प्रकाशित होते रहते हैं। यद्यपि वार्षिकी एवं समाचार पत्र भी एक निश्चित अन्तराल पर प्रकाशित होते हैं, लेकिन इनको पत्रिका की श्रेणी में सम्मिलित नहीं किया जाता है । शोधों एवं प्रयोगों से सम्बन्धित वास्तविक सूचना का अधिकांश भाग पत्रिकाओं के द्वारा ही प्राप्त होता है । पुस्तकों की तुलना में अद्यतन सूचनाएँ पत्रिकाओं के माध्यम से बहुत कम समय में उपलब्ध होती है, जबकि ऐसी सूचनाएँ शोध कर्ताओं को पुस्तकों के माध्यम से देर से प्राप्त होती हैं ।

इस प्रकार नये-नये शोधों के परिणामों की सूचना को शोधकर्ताओं को उपलब्ध करवाने में इनके द्वारा एक सप्ताह समय लगता है, जबकि यही सूचना पुस्तक के द्वारा दो या तीन वर्ष में प्राप्त होते हैं । वर्तमान में शोध गति विधियों में वृद्धि के साथ-साथ ज़िसगति से शोधकार्य संचालित किये जाते हैं उसी के अनुपात में वास्तविक सूचनाओं को शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित की जाती है ।

इस प्रकार पत्रिकायें शोध अथवा विशिष्ट ग्रन्थालयों के संकलन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं ।

उदाहरण

1. सरस्वती सुषमा, 1942, वाराणसी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय, त्रैमासिकी ।
2. Journal of Dharama, 1975, Banglore, Ouarterly.
3. Journal of American Oriental Socoety, 1851, USA, Conneticus, Quarterly.

4. महस्विनी (विद्यापीठ शोध पत्रिका), 1999, तिरूपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठम, छमाही ।
5. अर्वाचीन संस्कृतम्, 2008, नयी दिल्ली, देववाणी परिषद्, त्रैमासिक ।
6. Journal of Indian Council of Philosophical Research, 1983, New Delhi, I.C.P.R., Quarterly.
7. Sri Venkateswara University Oriental Journal, 1957, Tirupati, O.R.I.S.V.U,
8. Journal of Sukrtindra Oriental Research Institute, 1999, Kerela, University of Kerala, Six Monthly.
9. श्रमण, 1950, जैनशोध संस्थान, वाराणसी, हिन्दी, संस्कृत ।
10. शोध प्रभा, नई दिल्ली : श्री लाल बहादुर केन्द्रीय सं.वि., 1978. संस्कृत ।

(2) धारावाहिक (Serials)-

शोध पत्रिका की भांति धारावाहिक भी सामयिकी का एक रूप है तथा इन धारावाहिकों के माध्यम से भी हो रहे विभिन्न क्षेत्रों में शोधों एव्रं प्रयोगों के द्वारा प्राप्त नयी सूचनाओं का विवरण भी शोधकर्त्ताओं एवं विद्वानों को एक निश्चित अन्तराल पर उपलब्ध करायी जाती है । क्रमिक अथवा धारावाहिक प्रकाशन खण्डों में प्रकाशित होती है।

(3) शोध प्रतिवेदन (Research Report)-

शोध प्रत्रिकाओं के बाद शोध प्रतिवेदन एक महत्वपूर्ण प्राथमिक स्रोत है । यह शोध की प्रगति के सम्बन्ध में नवीनतम सूचना प्रदान करते हैं । यह एक सामयिक प्रकाशन है। इसका हर खण्ड और अंक विषय विवेचन की दृष्टि से पूर्ण एवं स्वतन्त्र होता है पर विषय के उद्देश्यों के अनुसार उसके मुख्य विषय के एक क्षेत्र से सम्बन्धित रहते हैं। इनका प्रकाशन खण्डों में होता है ।

मौलिक शोध की तुलना में औद्योगिक शोध एवं विकास में इन प्रतिवेदनों का अधिक महत्व होता है । ऐसे प्रतिवेदनों का संकलन सामयिक साहित्य के रूप में किया जाता है। इस प्रकार औद्योगिक शोधों एवं विकासों में कार्यरत वैज्ञानिकों एवं शोधकर्त्ताओं के लिए ये प्रतिवेदन महत्वपूर्ण सूचना स्रोत हैं।

(4) शोध विप्रबन्ध (Research Monographs)-

शोध विप्रबन्ध भी प्राथमिक सूचना काएक महत्वपूर्ण स्रोत होता है । इन शोध विप्रबन्धों को शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करना सम्भव नहीं हो पाता हो इसलिए इन शोध विप्रबन्धों को प्रतिवेदन रूप में अलग से प्रकाशित किया जाता है, जो पूर्णतः एकांगी होते हैं। इन्हें शोध मोनोग्राफ भी कहा जाता है तथा यह लेखक अथवा शोधकर्त्ता के मौलिक एवं पिछले अप्रकाशित कार्य के प्रस्तुतीकरण से पूर्व वर्तमान सिद्धान्तों एवं प्रयोगों का

संक्षिप्तिकरण करता है । यह किसी विषय विशेष में चल रहे शोध गतिविधियों के एक ग्रन्थमाला के रूप में प्रकाशित होता है । शोध विप्रबन्ध में मौलिक शोधों के निष्कर्षों एवं परिणामों से सम्बन्धित तथ्यों अथवा विवरणों को प्रकाशित किया जाता है । सामान्यतः शोध विप्रबन्ध भी अन्य ग्रन्थों से भिन्न नहीं होती, लेकिन इसमें निहित सूचना अत्यन्त सीमित होती हैं ।

(5) सम्मेलन कार्यवाही (Conference Proceedings)-

शिक्षण संस्थाएँ, एवं अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ज्ञान के सभी क्षेत्रों में समय-समय पर स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठी, सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन करते रहते हैं। इन कार्यवाहियों के माध्यम से विषय विशेषज्ञों, विद्वानों, वैज्ञानिकों एवं शोधकर्त्ताओं को अपने विचारों के विनिमय का अवसर प्राप्त होता है। सम्मेलन के दौरान जितने भी लेख पढ़े जाते हैं वे सभी लेख सूचना के मुख्य स्रोत होते हैं । वर्तमान समय में सम्मेलन कार्यवाहियों को मुद्रित के साथ साथ ई ग्रन्थ में भी प्रकाशित किया जाता है। इससे विषय विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं को सम्मेलन कार्यवाहियों से सम्बन्धित सूचना प्राप्त करने में अधिक कठिनाई नहीं होती ।

(1) 42 वाँ अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन विशेषांक । सं.सं. वि.वि.-वाराणसी, 2008 ।

(2) 42वाँ अखिल भारतीय प्राच्यविद्या स्मृति विशेषांक / सं.सं. वि. वि.-वाराणसी, 2008 ।

(3) विश्व संस्कृत सम्मेलन-विशेषांक / सं.सं.वि.वि.-वाराणसी : सं.सं.वि.वि., 2008 ।

(6) मानक (Standards)-

विभिन्न-क्रियाकलापों अथवा सामग्रियों या वस्तुओं के उपयोग में एकरूपता बनाये रखने के लिए गुणों के आधार पर मानक निर्धारित किये जाते हैं। मानक एक ऐसी पुस्तिका है जिसमें उत्पादों की परिभाषा, विधि, गुणवत्ता तथा सही माप आदि के बारे में पूर्ण सूचना सही माप आदि के बारे में पूर्ण सूचना दी हुई होती है ।

वैज्ञानिक शोधों में मानकों का उपयोग अति आवश्यक माना गया है । विश्व के अधिकांश देशों में उद्योगों एवं व्यापारिक गतिविधियों में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के उपयोग को अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रकार मानक भी प्राथमिक स्रोत का एक प्रकार है। भारतीय मानक संस्थान (Bureau of Indian Standard) प्रतिवर्ष 300 मानक स्थिर करता है।

(7) एकस्व (Patents)-

सूचना के प्राथमिक स्रोतों के अनेक प्रकारों में से एकस्व भी एक है। एकस्व के आविष्कारकर्त्ता अथवा निर्माणकर्त्ता को एक भौगोलिक परीधी के अन्तर्गत शासकीय मान्यता

एवं स्वीकृति तथा पंजीकरण की अनुमति प्रदान की जाती है जिससे उनको शासन की ओर से यह सुविधा मिल जाती है कि आविष्कारकर्त्ता एक निर्धारित समय तक उपयोग अथवा विक्रय करने का अधिकार रखेगा तथा अन्य दूसरा कोई व्यक्ति या संस्था आविस्कारकर्त्ता के एकस्व पर किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकता। नये-नये उत्पादों से सम्बन्धित सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए एकस्वों का उपयोग किया जाता है । प्रत्येक देशों में एक राष्ट्रीय एकस्व संस्था होता है जहाँ से वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, अभियन्ताओं एवं अन्य आविष्कारकर्त्ताओं को उनके नये-नये आविष्कारों के लिए एकस्वों की मान्यता दी जाती है।

(8) शोध प्रबन्ध (Dissertations)-

सभी प्रकार के विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों में शोध करने की सुविधा होती है। शोधकर्त्ता को सम्बन्धित विषय में एम.फिल. अथवा पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने हेतु विषय विशेषज्ञ के मार्ग निर्देशन में शोध प्रबन्ध लिखकर-सम्बन्धित संस्था में जमा करना पड़ता है । इन शोध प्रबन्धों में दी गयी सूचना, आंकड़े ठोस एवं प्रमाणित होते हैं। इस प्रकार शोध प्रबन्ध में मौलिक सूचना उपलब्ध होने के कारण अधिकांश शोधकर्त्ता अपने शोधकार्य में इनका उपयोग करते हैं ।

(9) व्यावसायिक साहित्य (Trade Literature)-

औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों से सम्बन्धित सूचना स्रोतों को व्यावसायिक साहित्य के अन्तर्गत सम्मिलित किया जाता है । विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन या एजेन्सियाँ अपने उत्पादों की सूचना को विभिन्न रूपों में जैसे प्राविधिक बुलेटिन, मूल्य-तालिका, लघु हस्त-पुस्तिकाएँ एवं संस्था पत्रिकाओं के रूप में प्रकाशित किये जाते हैं। अन्य मुद्रित पुस्तकों की भांति व्यावसायिक साहित्य की बिक्री पुस्तक विक्रेताओं द्वारा नहीं की जाती है । दूर-दर्शन एवं इन्टरनेट के आ जाने से व्यावसायिक साहित्य से सम्बन्धित अधिकांश सूचना उपयोक्ताओं को इन माध्यमों से प्राप्त होते हैं । इस प्रकार व्यावसायिक सूचना प्राप्त करने का यह महत्वपूर्ण प्राथमिक स्रोत होता है ।

(10) सरकारी प्रकाशन (Government Publications)-

सरकारी प्रकाशन का अभिप्राय उन शासकीय प्रकाशन से है जिनकी उत्पत्ति शासन के द्वारा हुई हो । इसमें शासन की नीतियाँ, निर्णय, विधान सम्बन्धी कार्य, न्यायिक कार्य के साथ-साथ अन्य गतिविधियाँ एवं प्रगतियों को प्रकाशित किया जाता है । शासकीय प्रकाशनों की श्रृंखला तथा कोड संख्या होते हैं। ये प्रलेख अभिज्ञान के सामान्य साधन माने जाते हैं । इनकी व्यवस्था करने वाली एजेन्सी तथा प्रस्तुत करने वाली संस्थाएँ इन कोड संख्याओं का प्रयोग करती हैं ।

सरकारी प्रकाशन पाठकों के लिए निम्नलिखित तीन कारणो से महत्वपूर्ण एवं उपयोगी होते हैं–

(1) यह एक मात्र सामाजिक, आर्थिक समझौते जैसे जनसंख्या शिक्षा, समाज कल्याण, उद्योग, व्यापार आदि का सांख्यिक आंकड़ों की सूचना प्राप्त करने का स्रोत है।

(2) यह एक मात्र नियमित जानकारी प्राप्त करने का स्रोत है । जैसे नियम और कानून, नागरिक अधिकारों की सीमा, व्यापारिक संघों के अधिकार आदि ।

(3) दो प्रकार की नयी सूचना के स्रोत एकस्व तथा मानचित्रों के द्वारा सामान्य जन को सूचना देते हैं ।

भारत के राष्ट्रीय ग्रन्थालय, कोलकता में सरकारी प्रकाशनों के संग्रहण, एवं उपयोग हेतु इण्डियन ऑफीसीयल डॉकूमेन्ट सेक्सन तथा फोरन आफीसीयल डॉकूमेन्ट सेक्सन दो अलग-अलग विभागों की स्थापना की गयी है । सरकारी गतिविधियों के फलस्वरूप उत्पन्न नयी सूचना सर्वप्रथम सरकारी प्रकाशनों के माध्यम से ही उपलब्ध होती है ।

(1 1) मानचित्र एवं चार्ट्स (Maps and Charts)-

मानचित्र एवं चार्ट्स का भी अपना एक सूचनात्मक महत्व है । चौरस वस्तु पर पृथ्वी के तल का चित्रण मानचित्र है तथा इनके संग्रह को मानचित्रावली कहते हैं । तल के चित्र को चार्ट कहा जाता है । पर्यटन, भ्रमण, सभ्यता और संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त करने तथा विभिन्न प्रकार के शोधगतिविधियों को पूरा करने हेतु इनकी आवश्यकता पड़ती है । यह भौगोलिक जानकारी प्रदान करने के सूचना के महत्वपूर्ण प्राथमिक स्रोत हैं साथ ही साथ, इनके द्वारा राष्ट्र, राजनैतिक क्षेत्र, पैदावार, वर्षा आदि की भी सूचना प्राप्त होती है ।

(1 2) अप्रकाशित स्रोत (Unpublished Sources)-

प्राथमिक स्रोत के अप्रकाशित स्रोतों के अन्तर्गत साहित्य, मानविकी और समाज विज्ञान के क्षेत्र में ऐसे स्रोतों की संख्या अधिक होती है । कई बार ऐतिहासिक लाभ हेतु भी इस प्रकार के अप्रकाशित स्रोतों का उपयोग किया जाता है। हस्तलिखित ग्रन्थों को अप्रकाशित स्रोत में सम्मिलित किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त इसमें प्रयोगशाला नोटबुक, स्मरण पत्र एवं ज्ञापन, व्यक्तिगत डायरी, व्यक्तिगत पत्र, कम्पनी फाइल, आन्तरिक शोध प्रबन्ध, चित्रावली, सिक्के, संस्मरण, मौखिक इतिहास तथा कैसेट में संग्रहित साक्षात्कार की सूचना आदि आते हैं ।

इस प्रकार इन सभी सूचना स्रोतों की सामाजिक, ऐतिहासिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विषयों का अध्ययन करने में आवश्यकता पड़ती है । इसीलिए इन्हें प्राथमिक सूचना स्रोतों की श्रेणी में रखा जाता है।

4.2 द्वितीयक सूचना स्रोत (Secondary Information Sources)-

प्राथमिक सूचना स्रोतों के आधार पर ही द्वितीयक सूचना स्रोत निर्मित किये जाते हैं। प्राथमिक सूचना स्रोतों में उपलब्ध सूचनाओं को इस प्रकार विन्यसित एवं प्रस्तुत किया जाता है जिससे पाठक कम से कम समय में उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुत से प्राथमिक स्रोत जब समय पर उपलब्ध नहीं होते तो ऐसी स्थिति में उनके बारे में जानने के लिए द्वितीयक स्रोत एक मात्र साधन होते हैं । इसमें विषय का विवेचन व्यवस्थित रूप से आवश्यकतानुसार संक्षेप में अथवा विस्तार के साथ आवश्यक ग्रन्थात्मक विस्तार के साथ किया जाता है । ये मुख्यतया तीन प्रकार के होते हैं–

1. वे सूचना स्रोत जो प्राथमिक सूचना स्रोतों में उपलब्ध सामग्री की अनुक्रमणिका बनाते हैं या उनके साथ मूल लेखक का सार भी प्रस्तुत करते हैं । इनका उद्देश्य एक विषय पर प्रकाशित सूचना की जानकारी देना होता है । अनुक्रमणिकाएँ, वाङ्मय सूचियाँ एवं सार पत्रिकाएँ को इसी श्रेणी में सम्मिलित किये जाते हैं। मुद्रित पाठ्य-सामग्री की भी व्यवस्थित सूची को वाङ्मय सूची कहा जाता है । जबकि सारपत्रिकाओं में लेखों के संक्षिप्त सारांश दिये होते हैं । इसी प्रकार अनुक्रमणिका में सामायिकियों में प्रकाशित लेखों की विषय शीर्षकों की व्यवस्थित सूची संचित रहते हैं ।

2. दूसरी श्रेणी में उनसूचना स्रोतों को सम्मिलित किया जा सकता है जो किसी एक विषय पर विस्तृत, सूचना देते हैं । ऐसे सूचना स्रोतों को प्राथमिक साहित्य का सर्वेक्षण करके तैयार किया जाता है । इसके उदाहरण है समीक्षाएँ एवं प्रबन्ध लेख ।

3. तीसरे प्रकार में वे स्रोत-सम्मिलित हैं जिसके प्राथमिक सूचना स्रोतों से सूचना एकत्रित कर एक विषय पर पुनः सूचना प्रतिवेदित की जाती है । इनमें विश्वकोश, हस्तपुस्तिकाएँ एवं अन्य समकक्ष स्रोतों को सम्मिलित किया जाता है ।

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के कुछ विद्वान लेखकों ने सूचना के द्वितीयक स्रोत के श्रेणी में जिन रूपों को रखा है, उनका विवरण निम्न है–

जॉर्ज एस बॉन के अनुसार, "सूचना के द्वितीयक स्रोत के अन्तर्गत वाङ्मय सूचियाँ, अनुक्रमणिकरण एवं सारपत्रिकाएँ, सर्वेक्षण प्रकार (समीक्षा, प्रबन्धक, विनिबन्ध) एवं सन्दर्भ पुस्तकों को सम्मिलित किया गया है ।"

इसी प्रकार सी. डब्लू हैन्सन ने सूचना के द्वितीयक स्रोत के अन्तर्गत सारकरण एवं अनुक्रमणिकरण पत्रिका, प्रपत्रिकाएँ, उद्धरण अनुक्रमणिका, विषय वाङ्मय सूची, समीक्षा तथा सर्वेक्षण आदि को सम्मिलित किया है ।

द्वितीयक सूचना स्रोतों को निम्न श्रेणी में विभक्त किया गया है।

(1) वाङ्मय सूची (Bibliography)-

वाङ्मय सूची से तात्पर्य है वह सूची जो किसी लेखक विशेष, विषय विशेष, समय विशेष पर लिखित ग्रन्थों अथवा पत्रिका में प्रकाशित लेखों का व्यवस्थित तथा विवरणात्मक

सूची है। पुस्तकालयों में पुस्तक चयन के उपकरण के रूप में इनका प्रयोग किया जाता है । वाङ्मय सूचियों के प्रकारों के अन्तर्गत-सार्वभौमिक वाङ्मय सूची, राष्ट्रीय वाङ्मय सूची, व्यावसायिक वाङ्मय सूची, विषयगत वाङ्मय सूची एवं लेखक वाङ्मय सूची को सम्मिलित किया गया है । ये अकसर लेखक या विषय के द्वारा वर्णानुक्रमिक, कालानुक्रमिक या प्रकरणानुसार व्यवस्थित होती हैं । यह व्यापक या चयनित हो सकती है ।

इन वाङ्मय सूचियों के माध्यम से उपयोक्ताओं को अपने अभिरूचि की पुस्तक या अन्य सामग्री खोजने में सहायता मिलती है । संस्कृत वाङ्मय में हस्तलिखित ग्रन्थों से सम्बन्धित कैटलॉगस कैटलागोरम (Catalogus Catalogorum) एवं न्यू कैटलॉगरु कैटलोगोरम (New Catalogus Catalogorum) महत्वपूर्ण वाङ्मय सूचियाँ हैं ।

(2) सामयिक प्रकाशन (Periodicals)-

समस्त सामयिक प्रकाशन-मौलिक सूचना प्रदान नहीं करते । बहुत से ऐसे सामयिक प्रकाशन है जो प्राथमिक सूचना स्रोतों में अभिलेखित विकासों की व्याख्या करने एवं मत देने में विशिष्ट हैं ।

(3) अनुक्रमणीपत्रिका (Indexing Journals)-

अनुक्रमणी पत्रिका प्राथमिक पत्रिकाओं में प्रकाशित होने वाले लेखों की आख्याओं का नियमित संकलन है । नयी पुस्तकों, पम्फलेट्स आदि की आख्याएँ भी इसमें सम्मिलित होती हैं । ये पत्रिकाएँ एक निश्चित अन्तराल पर प्रकाशित होती हैं। इसका विषय क्षेत्र प्रायः एक वृहद् विषय होता है ।

अनुक्रमणी पत्रिकाओं की सहायता से एक विषय पर साहित्य खोजा जा सकता है। संस्कृत एवं प्राच्य विद्याओं में भी अनुक्रमणिकाओं का प्रकाशन हुआ है ।

(4) सारांश पत्रिका (Astracting Journals)-

सारांश पत्रिका को द्वितीयक सूचना स्रोत की श्रेणी में सबसे अधिक महत्व दिया गया है । सारांश प्रलेखों के उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र एवं उपलब्धियों का संक्षिप्तीकरण है । इस प्रकार सारांश पत्रिकाओं से तात्पर्य नियमित रूप से प्रकाशित तथा सुव्यवस्थित पत्रिकाओं से होता है जिनके अन्तर्गत संक्षेप में प्राथमिक स्रोतों की पत्रिकाओं के लेख जो उन विशिष्ट विषयों से सम्बन्धित हो, नव शोध विप्रबन्धों, प्रतिवेदनों, प्रमाणकों तथा अन्य प्राथमिक प्रकाशनों को संकलित किया होता है । इसमें लेख के सारांश के साथ ही साथ उसका ग्रन्थपरक विवरण भी दिया रहता है । इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे उपयोक्तओं को जानकारी देना है जो किसी कारणवस या समयाभाव के कारण मौलिक प्रलेख तक पहुँचने में असमर्थ होते हैं।

(5) प्रगति समीक्षा (Reviews of Progress)-

प्रगति समीक्षा प्राथमिक साहित्य का सर्वेक्षण होती है । समीक्षात्मक साहित्य एक विशिष्ट विषय पर एक विस्तृत लेख होता है । इनका मुख्य उद्देश्य दी गयी निश्चित अवधि

के साहित्य को क्रमबद्ध एवं परस्पर सम्बन्धि करना है । यह सम्बन्धित विषय के विकास एवं प्रवृत्तियों को भी बताती है । ये सामयिक प्रकाशन के लेखों के रूप में या नियमित रूप से जैसे मासिक, द्विमासिक या त्रैमासिक पत्रों के संग्रह के रूप में प्रकाशित हो सकती है।

इस प्रकार प्रगति समीक्षा के द्वारा नयी समस्या की पृष्ठभूमि की सूचना प्राप्त की जा सकती है । इसमें दी गयी सन्दर्भ सूची विषय की निश्चित अवधि के लिए उत्तरम ग्रन्थ सूची के रूप में उपयोग किये जा सकते हैं ।

(6) सन्दर्भ ग्रन्थ (Reference Books)-

सन्दर्भ ग्रन्थ वाह्य स्मृति सहायक साधन है तथा किसी विशेष उद्देश्य के लिए इनका उपयोग किया जाता है । सन्दर्भ ग्रन्थों का अवलोकन खास तथ्य से स्पष्टीकरण एवं पुष्टिकरण के लिए किया जाता है । ए. एल. ए. ग्लौसरी ऑफ लाइब्रेरी टर्मस के अनुसार, "निश्चित विषयों की जानकारी के लिए सन्दर्भ ग्रन्थ की रचना विशिष्ट संयोजन पद्धति के द्वारा की जाती है । इसका अध्ययन निरन्तर कदाचित ही किया जाता है और इसका उपयोग पुस्तकालय के अन्दर ही सीमित रहती है ।"

इसी प्रकार डा. एस. आर. रंगनाथन ने भी सन्दर्भ ग्रन्थ की परिभाषा की है–"सन्दर्भ पुस्तक ज्ञात सूचनाओं का संकलन एवं संगठन इस प्रकार करती है कि अभिष्ट सूचना तत्काल एवं विषय के रूप में सामने आती है ।[11]

इस प्रकार सन्दर्भ ग्रन्थों में सूचना एक दूसरे से सम्बन्धित नहीं होती तथा इन्हें शुरू से अन्त तक नहीं पढ़ा जाता है । इन ग्रन्थों का उपयोग ज्यादातर ग्रन्थालयों के भीतर ही किया जाता है । सन्दर्भ ग्रन्थ के श्रेणियों का विवरण इस प्रकार निम्नलिखित है–शब्दकोश (Dictionary) सन्दर्भ पुस्तकों में शब्दकोश का स्थान सबसे पहले आता है क्योंकि इस स्रोत का उपयोग सभी श्रेणी के पाठकों द्वारा प्रारम्भ से ही शुरू कर दिया जाता है । शब्दकोश ऐसा ग्रन्थ है जो किसी भाषा, विशिष्ट विषयों एवं लेखकों के शब्दों से सम्बन्धित होता है । संस्कृत एवं प्राच्य विद्या में यास्क द्वारा विरचित निघण्टु एवं निरूक्त प्राचीनतम कोश है ।

शब्दकोश मुख्यतः दो प्रकार के हो सकते हैं–

(1) सामान्य शब्दकोश (General Dictionary) एवं

(2) विषयगत शब्दकोश (Subject Dictionary) :

सामान्य शब्दकोश में एक अथवा अधिक भाषाओं के शब्दों की अर्थ दी हुई होती है। जिन शब्दकोशों में दो भाषाओं में शब्द दिये होते हैं उन्हें द्विभाषी (Bilingual) तथा दो से अधिक भाषाओं के शब्द दिये होने पर बहुभाषी शब्दकोश (Multitingual Dictionary) कहा जाता है । उदाहरणार्थ–

1. Sanskrit English Dictionary by Monier Williams.

2. Sanskrit-German Dictionary.
3. Sanskrit - Hindi Dictionary by Vaman Shivram Apte.
4. English Sanskrit Dictionary by Monier Williams.
5. Neeta's Sanskrit - Hindi - English Dictionary.

विषयगत शब्दकोश में किसी एक विषय के सभी प्रमुख शब्दों की अर्थ या परिभाषा दी हुई होती है तथा इसमें शब्दों का विन्यसन वर्णानुक्रम में होता है । उदाहरणार्थ–

1. संस्कृत सङ्गणक शब्द कोश/सम्पादन द्वारा श्रीनिवास वररवेदी - हैदराबाद : संस्कृत परिषद, उ.वि.वि., 2009 ।
2. धर्म और संस्कृति कोश / अरूण.-नई दिल्ली राधा पब्लिकेशन्स, 2007 ।
3. Dictionary of Mythology / Lewis Spence.-
4. वैदिक कोश / सूर्यकान्त - बनारस : का.हि.वि.वि., 1963 ।

विश्वकोश (Encyclopaedia)-

विश्वकोश ऐसा ग्रन्थ है जिसमें समस्त ज्ञान के आवधारणाओं को पूर्णतः स्पष्ट किया गया होता है । विश्वकोश में ज्ञान की विभिन्न शाखाओं की सामान्य सूचना प्रदान करने वाले सूचनात्मक लेख होते हैं। विश्वकोशों में विषय से सम्बन्धित सूचनाओं का विन्यसन वर्णानुक्रम में होता है । इस प्रकार विश्वकोश ज्ञान के भण्डार होते हैं तथा किसी विषय के पृष्ठभूमि एवं इतिहास से सम्बन्धित सूचना खोजने के लिए इनका उपयोग किया जाता है। विश्वकोश को दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है, जैसे–

(1) सामान्य विश्वकोश (General Encyclopaedia) एवं

(2) विशिष्ट विश्वकोश (Special Encyclopaedia)

सामान्य ब्रिश्वकोश में सभी प्रकार के ज्ञान सामग्री का विषयानुसार सारांश लेख सुव्यवस्थित एवं क्रमबद्ध रूप में वर्णित होते हैं । Encyclopaedia Britannica एवं Encyclopaedia Americana इसके महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। विशिष्ट विश्वकोश के अन्तर्गत एक विषय या किसी विषय विशेष से सम्बन्धित सूचनाओं को एकत्रित करके आलेखों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है । विशिष्ट विश्वकोश को विषय विश्वकोश के नाम से जाना जाता है क्योंकि इसमें किसी विषय विशेष के सभी पक्षों के नाम से सूचना वर्णनानुक्रम में व्यवस्थित होते हैं विज्ञान, समाज-विज्ञान, धर्मशास्त्र एवं प्राच्य विद्या एवं मानविकी के क्षेत्र अनेक विश्वकोशों को प्रकाशित किया गया है । उदाहरणार्थ–

1. Encyclopaedia of Religion and Ethics- James Hastings.
2. Encyclopaedia of Philosophy/ George W. Friedrich .
3. Encyclopaedia of Hinduism.

4. Encyclopaedia of Upanishades / Ravi Narayan Pandey. - New Delhi : Anmol Publications, 2007.
5. Encyclopaedia of Vedanta / P.R.P. Sharma.- New Delhi : Anmol Publications, 2007.
6. Encyclopaedia of Buddhist Tantra/Shiv Shankar Tiwari.-New Delhi : Anmol Publications, 2009.
7. Encyclopaedia of Vedas/P.R.P. Sharma.-New Delhi. Anmol Publications, 2007.

हस्तपुस्तिका (Handbooks)- हस्तपुस्तिकाओं में मिश्रित सूचनाओं को सुव्यवस्थित एवं संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया जाता है । इसमें आंकड़े, विधियाँ, सिद्धान्त, सूत्र, सारणियाँ, चित्र एवं तथ्यात्मक सूचनाएँ आदि उपलब्ध होते हैं । यह वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों एवं प्राविधिक कार्य से सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा अधिक उपयोग की जाती है ।

नियम पुस्तिका (Manual)-विभिन्न प्रकार के संस्थाओं में कौन-कौन से कार्य किस-किस रूपों में करना है के सम्बन्ध में नियम पुस्तिका से सही दिशा निर्देश मिलता है। नियम पुस्तिका का उपयोग चिकित्सा, प्राविधिक, औद्योगिक एवं तकनीकी क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में किया जाता है ।

सारणियाँ (Tables)-सारणियाँ तथ्य प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं । अधिकांश हस्तपुस्तिकाओं में तथ्य सारणियों के रूप में दिये होते हैं । सारणियों के सहायता से वांछित सूचना प्राप्त करने में पाठकों के समय की बचत होती है ।

अनुवाद (Translations)-सूचना के द्वितीयक स्रोत के अन्तर्गत अनुवादित सामग्रियों को भी सम्मिलित किया जाता है । विज्ञान एवं प्रद्यौगिकी से सम्बन्धित विदेशी भाषा में उपलब्ध साहित्य को अन्य भाषाओं में अनुवादित करके इन स्रोतों को निर्मित किया जाता है ।

प्रबन्ध ग्रन्थ (Treatise)-प्रबन्ध ग्रन्थ भी एक प्रकार से सन्दर्भ एवं सूचना प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण साधन होते हैं । ऐसे ग्रन्थों की रचना किसी विषय विशेष पर उपलब्ध बिस्तृत सूचनाओं के आधार पर की जाती है । किसी शोध के लिए सम्बन्धित विषय में प्रबन्ध ग्रन्थ अधिक मात्रा में प्राथमिक ज्ञान सामग्री उपलब्ध कराते हैं । परन्तु बहुत दिनों तक इनकी नवीनता विद्यमान नहीं रहती तथा कुछ समय बाद ये पुराने हो जाते हैं।

विप्रबन्ध (Monograph)-विप्रबन्ध को मोनोग्राफ भी कहा जाता है । यह प्रबन्ध ग्रन्थ की तुलना में किसी एक विषय या सीमित विषय से सम्बन्धित सूचना प्रस्तुत करता है। प्रबन्ध एवं विप्रबन्ध में भिन्नता होने के बाद भी दोनों का उद्देश्य एक समान होता है।

पाठ्य पुस्तक (Text Books)-पाठ्य पुस्तक कक्षा अध्ययन प्रणाली में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करती है । पाठ्य पुस्तकों में विषय

विशेष से सम्बन्धित सूचना को पाठकों के स्तर को ध्यान में रखकर सम्पूर्ण जानकारी को सरल भाषा में लिखी हुई होती है । इसलिए पाठ्य पुस्तकों के निर्माण में अध्यापन प्रणाली एवं विद्यार्थियों के स्तर को विशेष महत्व दिया जाता है । इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किसी विशेष विषय की मौलिक जानकारी देना होता है ।

4.3 तृतीयक सूचना स्रोत (Tertiary Information Sources)-

तृतीयक सूचना स्रोत का लक्ष्य प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों के बारे में जानकारी प्रदान करना होता है । इनमें विषय से सम्बन्धित पाठ्य सामग्री नहीं होती है बल्कि विषय के प्राथमिक एवं द्वितीयक सूचना स्रोतों की जानकारी होती है सूचना विस्फोट के इस युग में बिना तृतीयक स्रोत की सहायता लिये प्राथमिक एवं द्वितीयक सूचना स्रोत का जानकारी करना एक कठिन कार्य है । तृतीयक सूचना स्रोतों के अन्तर्गत जिन रूपों को सम्मिलित किया जाता है वे इस प्रकार निम्नलिखित हैं–

(1) संदर्शिकाएँ (Guides)-ए.एल.ए. ग्लोसरी ऑफ लाइब्रेरी टर्मस के अनुसार "संदर्शिका एक हस्तपुस्तिका है जो यात्रियों को किसी स्थान विशेष जैसे शहर, क्षेत्र या देश से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध कराती है; या ऐसी कोई अन्य हस्तपुस्तिका जो किसी भवन या अजायबघर के बारे में सूचना प्रदान करती है ।

सामान्य संदर्शिकाओं के अतिरिक्त साहित्यिक सन्दर्शिकाएँ महत्वपूर्ण होती है । सन्दर्शिकाओं का मुख्य उद्देश्य एक विषय के ग्रन्थात्मक संरचना को प्रस्तुत करना है । इन संदर्शिकाओं के माध्यम से पाठकों को किसी विषय विशेष के साहित्य की विस्तृत सूचना प्रदान करने में सुविधा होती है । किसी विषय के मूल्यांकन एवं प्रारम्भिक स्थिति से लेकर उसके विकास की जानकारी उपलब्ध कराना भी इन संदर्शिकाओं का कार्य होता है। इनमें विषय विशेष की जानकारी के जगह उनके सूचना स्रोतों की विवरण दी हुई होती है ।

(2) वाङ्मय सूचियों का वाङ्मयसूची (Bibliography of Bibliographies)- विभिन्न प्रकार की वाङ्मय सूचियों में वृद्धि के कारण सूचना के इस स्रोत की आवश्यकता महसूस की गयी । इनमें उन वाङ्मय सूचियों की एक तालिका रहती है जिनसे उपयोक्ताओं को किसी-विशिष्ट विषय या अनेक विषय पर सम्बन्धित प्रलेखों की सूचियों से अवगत करना होता है जिससे उनको मुद्रित प्रलेखों तक पहुँचने में सुविधा होती है। ग्रन्थात्मक नियंत्रण की दृष्टि से इस तरह के वाङ्मय सूचियों का प्रकाशन अत्यन्त आवश्यक है । इनका विषय क्षेत्र सामान्य एवं विशिष्ट दोनों प्रकार से सम्बन्धित होता है । यह पृथक प्रकाशित पुस्तक, पुस्तक के अंश, सामयिक प्रकाशनों के लेख या अन्य प्रकार के प्रलेख के रूप में हो सकती हैं।

उदाहरण–

A Bibliography of Bibliographies in Religion by J.G. Barrows. Am Arbor, Michigan : Edwards, 1955.

(3) निर्देशिकाएँ (Directiories)-निदेर्शिका में व्यक्तियों, शैक्षणिक संस्थाएँ, व्यावसायिक संगठनों एवं पत्रिकाओं से सम्बन्धित सूचना होती है । इन सूचनाओं में पत्रिकाओं, संस्थाओं, संगठनों एवं व्यक्तियों के नाम एवं पतों की व्यवस्थित सूची दी हुी होती है तथा इनकी विषय क्षेत्र व्यापक एवं विस्तृत होती हैं। निर्देशिकाओं के अन्त में अनुक्रमणी दिये रहते हैं जिसके सहायता से उपयोक्ता अपनी वांछित सूचना आसानी से खोज सकता है । निर्देशिकाएँ दो प्रकार की होती है, जैसे–

(1) सामान्य निर्देशिकाएँ (**General Directories**) एवं

(2) विशिष्ट निर्देशिकाएँ (**Special Directories**)

उदाहरणार्थ-

Ulrich International Periodical Directory, and

Indian Library Directory.

(4) शोध प्रगति सूची (Lists of Research in Progress)-शोध प्रगति सूची के माध्यम से किसी एक संस्था या प्रयोगशाला या एकरूप संस्थाओं के समूह से सम्बन्धित शोध गतिविधियों की सूचना मिलती है । यह सूची एक नये प्रकार का प्रकाशन है । इसमें सूचना के अन्तर्गत योजना का विवरण, शोधकर्त्ता के नाम, शोध की अवधि तथा धन मुहैया कराने वाली संस्था का नाम आदि दिये रहते हैं । निसकेयर भारत में इस प्रकार की सूचियाँ संकलित करता है । इसके साथ ही साथ, भारतीय - विश्वविद्यालय संघ के द्वारा प्रकाशित "यूनिवर्सीटी न्यूज" (**University News**) के अन्त में विभिन्न विश्वविद्यालयों में जमा किये गये शोध शीर्षकों की सूची प्रकाशित किया जाता है ।

4.4 अप्रलेखीय स्रोत (Non-Documentary Sources)-शोध सम्बन्धी गतिविधियों में सूचना के सम्प्रेषण की दृष्टि से अप्रलेखीय स्रोतों का बहुत अधिक महत्व होता है । इस प्रकार के स्रोत विज्ञान एवं प्रद्यौगिकी के क्षेत्र में संचार का महत्वपूर्ण अंग होते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं–

औपचारिक (**Formal**) एवं अनौपचारिक (**Informal**) सूचना स्रोत ।

औपचारिक स्रोतों में विश्वविद्यालय, शोध संस्थाएँ, संगठन, उद्योग, विद्वत संस्थाएँ, राजकीय विभाग एवं परामर्श केन्द्र आदि सम्मिलित हैं। अनौपचारिक स्रोतों के अन्तर्गत सहपाठियों के साथ वार्तालाप, व्यक्तियों से भेंट, व्यवसायिक सभाओं में उपस्थिति, बैठकों एवं विशिष्ट गोष्ठियों में भाग लेना आदि सम्मिलित हैं। अनौपचारिक स्रोत सूचना सम्प्रेषण का एक शसक्त माध्यम है क्योंकि विषय विशेषज्ञों से वार्तालाप द्वारा प्राथमिक या द्वितीय स्रोतों की सूचना का पता चल जाता है । ये स्रोत अधिक सुविधाजनक होते हैं क्योंकि प्रलेखीय स्रोतो द्वारा विषय का प्रत्यक्ष स्पष्टीकरण सरलता से नहीं किया जा सकता जबकि इन स्रोतों में विषय का प्रत्यक्ष स्पष्टीकरण बहुत आसानी से किया जा सकता है।

डा. एस.आर. रंगनाथन के अनुसार सूचना स्रोतों या प्रलेखों को निम्नचार श्रेणियों में विभक्त किया गया है–

1. परम्परागत प्रलेख (Conventional Documents)-सामान्यतः पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ एवं सामायिकियों को परम्परागत प्रलेखों की श्रेणी में सम्मिलित किया जाता है। इसके अन्दर मौलिक विचार एवं अनुसन्धान आदि के निष्कर्ष की सूचना दी हुई होती है।

2. नवीन परम्परागत प्रलेख (Neo-Conventional Documents)-इस श्रेणी के अन्तर्गत एकस्व (Patents), मानक (Standards), विशिष्टियाँ (Specifications) एवं आधार सामग्रियों को सम्मिलित किया गया है ।

3. अपरम्परागत प्रलेख (Non Conventional Documents)-अपरम्परागत प्रलेखों के अन्तर्गत सूक्ष्म प्रतियाँ (Microforms), श्रव्य (Audio), दृश्य (Visual), श्रव्य दृश्य (Audio Visuals) के साथ ही साथ कम्प्यूटर एवं संचार प्रद्यौगिकी आधारित मेगनेटिक टेप, मेगनेटिक डिस्क, फ्लापी डिस्क, मोशन पिक्चर्स फिल्मस, सी.डी. रोम एवं डि.बी.डि0 आदि को सम्मिलित किया गया है ।

4. मेटा प्रलेख (Meta Document)-सामान्यतः मेटा प्रलेख श्रव्य दृश्य सामग्री का ही एक रूप है । यह परम्परागत प्रलेखों के भौतिक स्वरूप की तुलना में इनके स्वरूप में कुछ भिन्नता होती है । इसमें मानव विचार धारा के स्थान पर परिघटनाओं का अभिलेख होता है । वर्तमान में मेटा प्रलेख के स्थान पर मेटा डेटा (Meta data) शब्द को अधिक से अधिक उपयोग किया जाता है ।

5. सन्दर्भ एवं सूचना स्त्रोतों का मूल्यांकन-
(Evaluation of Reference and Information Sources)

सभी प्रकार के ग्रन्थालयों में उपलब्ध पाठ्य सामग्रियों में विभिन्न श्रेणी के ग्रन्थ संग्रहित होते हैं तथा इन मुद्रित ग्रन्थों को दो वर्गों में विभक्त किया जाता है, जैसे पाठ्य पुस्तक एवं सन्दर्भ ग्रन्थ । अध्ययन एवं अध्यापन में पाठ्य-पुस्तकों का अधिकाधिक उपयोग किया जाता है क्योंकि विषय विशेष के सम्बन्ध में मूलभूत ज्ञान उपलब्ध कराने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है । जबकि सन्दर्भ ग्रन्थ वे ग्रन्थ हैं जिनका उपयोग किसी निश्चित सूचना के लिए ग्रन्थालय के अन्दर किया जाता है ।

वर्तमान में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों का अधिकांश भाग मुद्रित रूपों में उपलब्ध हो रही हैं । साथ ही साथ कुछ सन्दर्भ स्रोतों का प्रकाशन डिजिटल एवं ऐलेक्ट्रॉनिक रूपों में भी तिव्रता के साथ प्रकट होते जा रहे हैं । इसलिए ग्रन्थालयों में जिन सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के द्वारा पाठकों के सन्दर्भ प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं उन स्रोतों का मूल्यांकन किया जाना आवश्यक होता है । बिना मूल्यांकन के यह पता नहीं चल पाता कि कौन सा सन्दर्भ किस स्तर तक उपयोग के लिए उचित है । इसलिए मूल्यांकन ही एक ऐसा मापक है जिससे यह ज्ञात होता है कि कौन सन्दर्भ स्रोत उपयोग

के लिए उपयुक्त है अथवा अनुपयुक्त । संस्कृत साहित्य एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में सन्दर्भ एवं सूचना के स्रोत-बहुत बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं । इन उपलब्ध स्रोतों में यह तय करना कि कौन सा सन्दर्भ स्रोत उत्तम प्रकार के श्रेणी का है तथा कौन सा स्रोत उत्तम प्रकार के श्रेणी का नहीं है । जिन सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों से सन्दर्भ प्रश्नों के उचित उत्तर प्रदान किये जा सकते हैं, वे उत्तम श्रेणी के सन्दर्भ स्रोत हैं ।

सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के अन्तर्गत जिन मुद्रित ग्रन्थों का मूल्यांकन करना आवश्यक है । सन्दर्भ ग्रन्थालयी को ऐसे ग्रन्थों के विभिन्न प्रकारों, उपयोग, स्वरूप एवं उनमें निहित सूचनाओं की पूरी-पूरी जानकारी करनी चाहिए ।

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में उपलब्ध सन्दर्भ में एवं सूचना स्रोतों के प्रकार निम्नलिखित हैं–

1. शब्दकोश (Dictionary)
2. विश्वकोश (Encyclopaedia)
3. वाङ्मयसूची (Bibliography)
4. प्रस्तुत सन्दर्भ स्रोत (Ready Reference Sources)
5. भौगोलिक स्रोत (Geographical Sources)
6. जीवनी स्रोत (Biographical Sources)
7. शासकीय स्रोत (Government Documents)
8. पेटेन्ट (Patent)
9. मानक (Standard)
10. अनुक्रमणीकरण स्रोत (Indexing Sources)
11. सारकरण स्रोत (Abstracting Sources)
12. सम सामयिक घटनाओं से सम्बन्धित स्रोत (Current Affair Sources), एवं
13. अन्य स्रोत (Other Sources), जिसमें कम्प्यूटर आधारित, श्रव्य दृश्य एवं अन्य शुक्ष्म रूपों को सम्मिलित किया जा सकता है ।

सन्दर्भ ग्रन्थालयी से पूछे जाने वाले प्रश्नों को मोटे तौर पर चार वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे–

1. सामान्य सन्दर्भ प्रश्न (Current Reference Question)
2. गहन सन्दर्भ प्रश्न (Exhaustive Reference Question)
3. प्रतिदिनी सन्दर्भ प्रश्न (Everyday Reference Question)
4. कैचिंग अप सन्दर्भ प्रश्न (Cateching up Ref. Question)

इस प्रकार पाठकों द्वारा पूछे गये सन्दर्भ प्रश्नों की प्रकृति के आधार पर सन्दर्भ ग्रन्थालयी सन्दर्भ स्रोतों से उचित उत्तर खोजकर उन्हें प्रदान करता है ।

सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों का मूल्यांकन सार्वजनिक ग्रन्थालयों की तुलना में शैक्षणिक एवं विशिष्ट ग्रन्थालयों में सन्दर्भ ग्रन्थालयी को पाठकों को उचित सेवा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार के सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के प्रकृति एवं उपयोग की जानकारी के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए ।

सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के मूल्यांकन के लिए अपनायी गयी विधियों में भिन्नता हो सकती है अतः उनके गुण एवं दोषों की जाँच के लिए कुछ आधार होना आवश्यक है। निम्नांकित तत्वों के आधार पर सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों का मूल्यांकन किया जा सकता है–

1. प्रमाणिकता (Authority)–सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों की प्रमाणिकता के सम्बन्ध में इन ग्रन्थों के लेखक या लेखकों, प्रकाशकों, वितरकों, संकलन कर्ताओं आदि की योग्यताओं, अनुभव आदि के आधार पर सन्दर्भ ग्रन्थालयी द्वारा निश्चित की जाती है।

2. विषय क्षेत्र (Scope)–अधिकांश ग्रन्थालयों में सन्दर्भ ग्रन्थों के अधिग्रहण के समय में ही यह तय कर लिया जाता है कि ग्रन्थ के अवतरण तथा भूमिका एवं विषय सूची से ही यह तय कर लिया जाता है कि अमूक सन्दर्भ ग्रन्थ किस विषय क्षेत्र से सम्बन्धित है। इस प्रकार सन्दर्भ ग्रन्थालयी के लिए सन्दर्भ ग्रन्थ के क्षेत्र एवं उपयोगिता का सत्यापन करना आवश्यक होता है।

3. प्रतिपादन शैली (Treatment)–सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के प्रतिपादन शैली की जानकारी ग्रन्थ में निहित सूचनाओं के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है । जैसे ग्रन्थ में दी गयी सूचनाएँ कितनी सही एवं विश्वसनीय हैं ।

ग्रन्थ में किसी विषय के प्रति विशेष झुकाव है अथवा नहीं । विषयों को उनके महत्व के अनुसार स्थान मिला अथवा नहीं । आदि-आदि ।

सन्दर्भ ग्रन्थों में विन्यसन का स्थान बहुत महत्वपूर्ण होता है । ग्रन्थ-विन्यासन के अनेक प्रकार होते हैं जैसे भौगोलिक, कालानुक्रमिक, वर्गीकृत, वर्णानुक्रमिक आदि। इनके माध्यम से वांछित सूचना को प्राप्त करने में बहुत सुविधा होती है ।

4. आरूप (Format)–सन्दर्भ ग्रन्थों के वाह्य स्वरूप के अन्तर्गत ग्रन्थ की जिल्द, ग्रन्थ के अक्षर, ग्रन्थ में दी गयी रंगीन चित्र, रेखा चित्र एवं मानचित्र आदि को सम्मिलित किया जा सकता है । इसलिए प्रत्येक सन्दर्भ ग्रन्थालयी को यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी सन्दर्भ ग्रन्थ ग्रन्थालय संकलन में पहुँचने के पहले ही ग्रन्थ के वाह्य स्वरूपों में किसी प्रकार की कोई त्रूटि तो नहीं है । यदि उनमें कोई त्रूटि हो या अपूर्ण सूचना निहित हो तो ऐसे सन्दर्भ ग्रन्थों को संकलन में सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए।

(5) अध्येता (Audience)–सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के अन्तर्गत शब्दकोशों का सर्वाधिक उपयोग होता है, जबकि अन्य प्रकार के सन्दर्भ ग्रन्थों को उनके अध्येताओं के आधार पर विभाजित करना सन्दर्भ ग्रन्थों की भाषा, विषय-क्षेत्र तथा शैली पर निर्भर करता है।

6. सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के मूल्यांकन के लिए आधार सामग्री-

सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के मूल्यांकन के लिए सन्दर्भ ग्रन्थालयी को सन्दर्भ ग्रन्थों के विभिन्न भागों जैसे आख्या पृष्ठ (Tittle Page), पुरोवाक् (Preface), मूलपाठ (Main text), भूमिका (Introduction), विषय सूची (Contents) एवं अनुक्रमणी (Index) में निहित सूचनाओं की पुरी-पुरी जानकारी होनी चाहिए । सन्दर्भ ग्रन्थ के मूल्यांकन में ग्रन्थ के इन्हीं भागों से महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्त हो सकती है । इनका विवरण इस प्रकार निम्नलिखित हैं–

1. शीर्षक पृष्ठ (Title Page)-सन्दर्भ 'ग्रन्थ' के सम्बन्ध में शीर्षक पृष्ठ से ग्रन्थपरक पूर्ण सूचना प्राप्त की जा सकती है । ग्रन्थपरक सूचना ग्रन्थ की पूर्ण शीर्षक, उपशीर्षक या सामानान्तर शीर्षक, ग्रन्थकार का नाम एवं उपाधि सम्पादक/अनुवादक, प्रकाशकों के नाम, स्थान एवं वर्ष, खण्ड, भाग एवं आई.एस.बी.एन. (ISBN) से सम्बन्धित सूचना को सम्मिलित किया जा सकता है । इसके साथ ही साथ इस पृष्ठ पर ग्रन्थ के संस्करण, सर्वाधिकार वर्ण एवं ग्रन्थमाला आदि की सूचना भी दी हुई होती है ।

2. पुरोवाक् (Preface)-पुरोवाक से ग्रन्थ के विषय के सम्बन्ध में पूर्ण सूचना प्राप्त हो सकती है । कुछ सन्दर्भ ग्रन्थों में पुरोवाक लेखक के स्थान पर किसी अन्य विषय विशेषज्ञ या प्रतिष्ठित विद्वानों के द्वारा दी जा सकती है । पुरोवाक् का स्थान ग्रन्थ के प्रारम्भिक भाग में निर्धारित होती है तथा ग्रन्थ में निहित सूचना के सम्बन्ध में अद्योपान्त जानकारी प्राप्त हो सकती है ।

3. भूमिका (Introduction)-किसी भी प्रकार के सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के मूल्यांकन में ग्रन्थ की भूमिका बहुत उपयोगी होती है । ग्रन्थ की भूमिका के अन्तर्गत-ग्रन्थ से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचनाएँ-जैसे ग्रन्थ के उद्देश्य, ग्रन्थकार की योजना, ग्रन्थ की विशेषताओं एवं सीमाओं के साथ ही साथ प्रविष्टियों के व्यवस्थापन आदि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्त हो सकती हैं।

4. विषय-सूची (Table of Contents)-सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों के मूल्यांकन में विषय सूची की सहायता से ग्रन्थ में निहित अध्यायों के शीर्षकों की जानकारी करने में बहुत सहायता मिलती है । कुछ सन्दर्भ ग्रन्थों में विषय सूची के अन्तर्गत अध्यायों की शीर्षकों का संक्षिप्त वितरण दिया रहता है जबकि कुछ ग्रन्थों में शीर्षकों का विस्तृत विवरण के साथ उल्लेख किया गया होता है । अधिकांश ग्रन्थों में विषय-सूची का स्थान शीर्षक पृष्ठ अथवा प्राकक्कथन के बाद होती है । जबकि विदेशी प्रकाशन के कुछ ग्रन्थों में इसे ग्रन्थ के अन्तिम भाग में दिया रहता है । इस प्रकार ग्रन्थ में निहित विषय का कार्यक्षेत्र, विशेषताओं एवं सीमाओं की जानकारी प्राप्त करने में विषय-सूची की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है ।

5. मूलपाठ (Main Text)-विषय-सूची के बाद सन्दर्भ ग्रन्थों के मूल्यांकन में मूलपाठ को महत्वपूर्ण सूचना स्रोत के रूप में उपयोग किया जा सकता है । क्योंकि मूलपाठ के अन्तर्गत ही ग्रन्थकारों के कार्यों की पूर्ण विवरण दिया रहता है । ग्रन्थ में निहित विषय के सूचनाों के सम्बन्ध में पर्याप्त ग्रन्थ सन्दर्भ सूचियाँ दी है अथवा नहीं, सूचना अद्यतन है अथवा प्राचीन, सूचना विश्वनिय है अथवा नहीं, आदि बातों की जानकारी ग्रन्थ के मूल पाठ से की जा सकती है ।

6. अनुक्रमणी (Indexes)-अधिकांश सन्दर्भ ग्रन्थों एवं सूचना स्रोतों के मूलपाठ में दिये गये व्यक्तियों के नामों, प्रकरणों, विषयों एवं स्थानों एवं महत्वपूर्ण तथ्यों आदि की विस्तृत तालिका प्रस्तुत की गयी होती है । अनुक्रमणियों का विन्यसन वर्णानुक्रमण में या कालक्रमानुसार या भौगोलिक क्रमानुसार व्यवस्थित की गयी होती है । जिन सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों में अनुक्रमणी दी गयी होती है; ऐसे ग्रन्थों की अधिक उपयोगिता होती है।

इस प्रकार सन्दर्भ स्रोत चाहे मुद्रित रूप में या ईलैक्ट्रानिक अथवा डिजिटल रूपों में हो इन सभी प्रकार के सन्दभर स्रोतों के मूल्यांकन में उपर्युक्त वर्णित विन्दुओं के आधार पर सन्दर्भ ग्रन्थालयी द्वारा अवलोकन किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है ।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

1. WEBSTER's new twentieth century dictionary of English Language New York, Collins World, 1978.
2. THE RANDOM House Dictionary of English Language. Bombay, Tulsi Shah Enterprises, 1964.
3. गुप्ता, पवन कुमार एवं पवन, उषा : सन्दर्भ सेवा एवं सूचना स्रोत, द्वितीय संस्करण, जयपुर, आर.वी.एस.ए. पब्लिशर्स, 1998 ।
4. THOMPSON, E.H. : ALA Glossary of Library Terms with a selection of terms in related fields. Chicago, ALA, 1943.
5. GROGAN, D. : Science and technology : An Introduction to literature, 4th ed., London, Clive Binglay, 1982.
6. GUHA, B. : Documentataion and Information. Calcutta : World Press, 1983.
7. त्रिपाठी, एस.एम. एवं गौतम, जे. एन. । सूचना एवं सन्दर्भ के प्रमुख स्रोत, आगरा, वाई.के. पब्लिशर्स, 2005 ।
8. कौशिक, पूर्णिमा : सन्दर्भ सेवा : सिद्धान्त एवं व्यवहार, जयपुर, यूनिवर्सिटी बुक हाउस प्रा.लि. 2002।
9. ARORA, Jagadish : Applications of New Information Techonolgy in Libraries and Information Centres. (I Conlis 2004) Kolkata, National Library, 2004.

□□

तृतीय अध्याय

शब्दकोश

(Dictionaries)

1. भूमिका एवं अर्थ-

भारतीय वाङ्मय में प्राचीनतम शब्दकोश वैदिक संहिताएँ हैं। संस्कृत वाङ्मय में शब्दकोश का महत्त्व आचार्य पाणिनि ने उद्घोषित किया था । इसे वेद पुरूष का श्रोत कहा है–"निरूक्तं श्रौत मूच्यते" अर्थात् जैसे शरीर में श्रौतेन्द्रिय की आवश्यकता है ठीक वैसे ही अर्थबोध के लिए शब्दकोश की आवश्यकता है । शब्दकोश से शब्दों के निश्चित अर्थ का बोध होता है । सभी सन्दर्भ स्त्रोतों में शब्दकोश का उपयोग सबसे अधिक किया जाता है तथा सभी वर्ग के उपयोक्ता इनसे परिचित होते हैं। भाषा के ज्ञान के लिए यह आवश्यक साधन है । सिद्धान्तमुक्तवली एवं शब्दशक्ति प्रकाशिका में संकेत ग्रह के आठ साधनों में से "शब्दकोश" को एक प्रमुख साधन माना गया है ।

शब्द कोश शब्दों के अर्थ, उत्पत्ति, विकास, विलोम शब्द, सामानार्थक शब्द उच्चारण, प्रयोग एवं वर्तनी आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हैं । शब्दकोश अंग्रेजी भाषा के (Dictionary) शब्द का रूपान्तरण है, जिसकी उत्पत्ति लैटिन भाषा के शब्द डिक्शनेरियम (Dictionarium) से हुई है । जिसका अर्थ शब्दकोश या शब्दों का संग्रह है । आधुनिक ग्रन्थों में शब्दकोश की जो परिभाषाएँ दी गयी हैं उनके आधार पर शब्दकोशों को दो भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है—

1. सामान्य शब्दकोश, तथा
2. विषयागत शब्दकोश

सामान्य शब्दकोश से सम्बन्धित वैबस्टर्स न्यू इन्टरनेशनल डिक्सनरी में जो परिभाषा दी गयी है, वह इस प्रकार है, "यह एक सन्दर्भ ग्रन्थ है जिसमें साधारणतया शब्द वर्णानुक्रम में विन्यसित रहते हैं और उसमें उनके रूप, उच्चारण, कार्य, अर्थ उत्पत्ति तथा अर्थपरक मुहाबरेदार प्रयोग संकलित रहते हैं।"

विषयगत शब्दकोश के सम्बन्ध में जो परिभाषा दी गयी है, वह इस प्रकार है, "यह एक सन्दर्भ ग्रन्थ है जो विषय विशेष या कार्य से सम्बद्ध शब्दों या नामों की सूची अंकित कर उनके अर्थ एवं उपयोग की वर्णन करता है।"

उपर्युक्त इन दोनों परिभाषाओं के अतिरिक्त विलियम ए. काट्ड एवं लुइस शोर्स जैसे आधुनिक विद्वानों ने भाषागत एवं सामान्य शब्दकोशों के सम्बन्ध में अपने विचार दिये है। लुइस शोर्स के अनुसार, "भाषागत शब्दों के संग्राहात्मक ग्रन्थ को कोश कहते हैं। इसके शब्द वर्णानुक्रम अथवा अन्य किसी निश्चित क्रम में संयोजित रहते हैं और उनकी अर्थपरक व्याख्या तथा अन्य सूचनाएँ उसी भाषा में या अन्य भाषा में दी रहती हैं।" विलियम ए. काट्ज के अनुसार, "सामान्य शब्दकोश के दो उद्देश्य होते हैं जैसे, पहला-मुख्य उद्देश्य एवं दूसरा गौण उद्देश्य । मुख्य उद्देश्य के परिपेक्ष्य में किसी भी शब्दकोश का यह मौलिक एवं प्राथमिक उद्देश्य होता है कि उसमें शब्दों तथा पदों की वर्तनी, शब्दार्थ, अभिप्राय, उच्चारण और शब्द विन्यास का उल्लेख अवश्य होना चाहिए ।

गौण उद्देश्य का अभिप्राय यह है कि किसी भी शब्दकोश में कोई एक ही अक्षर की व्युत्पत्ति, प्रमुख स्थानों के नाम स्पष्टतया नदी, पर्वत, अथवा अन्य कोई वस्तु, ऐतिहासिक महत्व के प्रमुख महापुरुषों के नाम, पौराणिक एवं बाइबिल में वर्णित महा पुरुषों तथा महत्वपूर्ण तथ्यों एवं प्रकरणों का वर्णन, विदेशी पदों, मुहावरों एवं वाक्यांशों, पर्यावाची एवं विलोम शब्दों, संकेताक्षरों तथा सामान्य ग्राम्य भाषा के पदों का उल्लेख किया गया होना चाहिए ।

भारतीय परिपेक्ष्य में संस्कृत के प्राचीन कोश रचना कारों द्वारा शब्दकोश के सम्बन्ध में जो परिभाषाएँ दी गयी हैं, वे आधुनिक विद्वानों के परिभाषाओं से अतिप्राचीन है जिनका यहाँ उल्लेख करना आवश्यक प्रतीत होता है । संस्कृत वाङ्मय में शब्दकोश की प्रथम परिभाषा हलायुधकार ने दी है–कोषः शब्दादिसंग्रह यथा अमरकोषः अर्थात् शब्दों के संग्रह को शब्दकोश कहते हैं ।

संस्कृत भाषा के कुछ अन्य प्राचीन शब्दकोशों जैसे अभिधानरत्नमाला, अभिधान चिन्तामणि में शब्द पर्यायज्ञापक को अभिधान कोश कहा गया है । जिसमें विशिष्ट क्रमानुसार शब्दों का संग्रह हो तथा जिसके अध्ययन से शब्दों की प्रकृति, विभिन्न अवयवों एवं अर्थों का ज्ञान होता है उसे शब्दकोश कहते हैं ।

शब्दकोश की प्रकृति एकार्थक, पर्यायार्थक या निरूक्तिमूलक शब्दों का संग्रह हो सकती है, लेकिन सबका अभिप्राय शब्दार्थ बोध ही होता है । शब्दकोश के वैकल्पिक नामों में शब्दावली (Glossary), विदेशी भाषा शब्दकोश (Lexicon), थिजारस (Thesaurus) आदि को सम्मिलित किया जा सकता है ।

2. शब्दकोशों के प्रकार (Types of Dictionaries)-

कोश में निहित शब्दों के विषय के आधार पर निम्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है–

(A) सामान्य शब्दकोश (General Dictionary)

(B) विषयगत शब्दकोश (Subject Dictionary)

(C) पारिभाषिक शब्दकोश (Difinitional Dictionary)

सामान्य शब्दकोश में सभी प्रकार के शब्दों की वर्णानुक्रमिक सूची होती है । ये आकार में वृहद अथवा संक्षिप्त हो सकते हों। इनमें प्रयुक्त भाषा के आधार पर इसे तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है–

(1) एकभाषिक कोश (Monolingual Dictionary)

(2) द्विभाषी कोश (Bilingual Dictionary)

(3) बहुभाषी कोश (Multilingual Dictionary)

विषयगत शब्दकोश में किसी विशिष्ट विषय के शब्दों की वर्णानुक्रमिक सूची के साथ ही साथ शब्दों के अर्थ एवं उनकी परिभाषा भी दी हुई होती हैं। उदाहरण :-

1. वैदिक कोश / सूर्यकान्त - वाराणसी, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, 1963 ।
2. योग शब्दकोश/सुभाष विद्यालंकार-दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2005 ।
3. भारतीय पुरा इतिहास कोश /अरूण- नई दिल्ली : राधा पब्लिकेशन्स, 2009, (दो खण्ड)
4. संस्कृत सङ्गणक शब्द कोश /श्रीकान्थ जमदाग्नि एवं श्री निवास वारखेदी- हैदराबाद : संस्कृत परिषद्, उ.वि.वि. 2009 ।

पारिभाषिक शब्दकोश में किसी विषय से सम्बन्धित शब्द की संक्षिप्त व्याख्या अथवा उसकी परिभाषा दी गयी होती है । इसमें विषय से सम्बन्धित शब्दों अथवा पदों की विन्यसन वर्णानुक्रम में व्यवस्थित होती हैं । उदाहरणार्थ–

1. A Concise Dictionary of Philosophy/K. Srinivas and V. K. Sastry. - New Delhi : D.K. Printworld (p) Ltd, 2007.

2. भारतीय दर्शन परिभाषा कोश/दीनानाथ शुक्ल-दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 1993।

3. संस्कृत नाट्यकोश / रामसागर त्रिपाठी-यह कोश दो खण्डों में संकलित है । इसके प्रथम खण्ड का शीर्षक "नाटक कोश" है तथा दूसरे खण्ड का शीर्षक "शास्त्रीय पारिभाषिक शब्दावली कोश" है ।

4. Indian Philosophical Terms : Glossary and Sources/Kala Acharya, Editor. New Delhi : Somaiya Pubications Pvt. Ltd., 2004, 712.P.

शब्दकोशों में प्रयुक्त भाषा के आधार शब्दकोश के निम्नवर्णित तीन प्रकार हो सकते हैं जैसे–एक भाषिक कोश (Monolingual Dictionary) इसके किसी एक भाषा के पदों या शब्दों की वर्णानुक्रमिक सूची होती है । उदाहरणार्थ–

1. हलायुध कोश : (अभिधान रत्नमाला) । जयशंकर जोशी, सम्पादक-लखनऊं : हिन्दी समिति, 1957, 747 पृ.।

2. Kosha or Dictionary of the Sanskrit Language by Amar Singh with English interpretations and notations/H.T. Colebrooke. Delhi : Nag Publishers, 1990.

3. अमरकोष : अमर सिंह; श्रीमन्नालाल अभिमन्यु-वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, 2009 ।

4. अमरकोष । नामलिंगानुशासनम् अमर सिंह; हिन्दी चन्द्रिका व्याख्या द्वारा चन्द्रधारी सिंह कल्पितनाम हिमकेर सिंह-दरभंगा तन्त्रवती गीता भवन, 1957, 416, 121 पृ. ।

5. अमर कोष / अमर सिंह, विश्वनाथ झा द्वारा सुधा व्याख्या - दिल्ली मोतीलाल बनारसीदास, 1969 ।

6. नामलिंगानुशासनं नाम अमर कोष : / अमर सिंह; भानुजी दीक्षित, रामाश्रमी व्याख्या; हरगोविन्द शास्त्री; सम्पादक-वाराणसी चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफीस, 1970 11, 664,64 पृ.

7. Amarmandena/V. Raghavan; Editor Poona : Deccan College, 1949. 43p.

8. कोश कल्पतरू / विश्वनाथ; मधुकर मंगेश पाटकर तथा के. वी. कृष्णमूर्ति; सम्पादकद्वय-पूना डेक्कन कालेज, 1957 1, 315 पृ.

9. लिंगानुशासनवर्गः/मुकुन्दशर्मा.-गढ़वाल : मुकुन्द शर्मा. 1962. 312 पृ.

10. कल्पद्रुमकोश :/केशव; राम अवतारशर्मा; सम्पादक-बड़ौदा : ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, 1928 (दो भाग में)

11. अभिधान चिन्तामणि / हेमचन्द्रा चार्य; व्याख्या द्वारा हरगोविन्द शास्त्री-वाराणसीः चौखम्बा विद्या भवन, 1964. 519 पृ.

12. वाङ्मयार्णव / राम अवतार पाण्डेय - वाराणसी : ज्ञानमण्डल लिमिटेड, 1966. 815 पृ.

13. पाइअ - लच्छी नाम माला । धन पाल; स्मपादन द्वारा बैचरदास जीवराज दोशी.-मुम्बई : शादीलाल जैन, 1960, 122 पृ.

14. पाइअ-सद्-महण्णवो/हरगोविन्ददास विक्रमचन्द्र शेठ; सम्पादन द्वारा वासुदेव शरण अग्रवाल एवं दल सुखभाई मालविया वाराणसी प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, 1963. 952, 64 पृ. ।

द्विभाषिक कोश (Bilingual Dictionary) में दो भाषाओं के शब्दों या पदों की वर्णानुक्रमिक सूची होती है । उदाहरणार्थ–

1. A Sanskrit - English Dictionary/Williams, Monier.-Delhi : Motilal Banarasidas, 1970. xxxii, 1333p.
2. Pratical-Sanskrit English Dictionary/Vaman Shivaram Apte.-Delhi : Motilal Banarasidas, 1966. 7, 10107 p.
3. संस्कृत - हिन्दी कोश/वामन शिवराम आप्टे - दिल्ली : मोती लाल बनारसी दास पब्लिशर्स प्रा.लि. 1996 ।
4. हिन्दी-संस्कृतशब्दकोश/वासुदेव द्विवेदी वाराणसी : सार्वभौम संस्कृत प्रचार कार्यालय, 1954. 122 पृ.
5. Sanskrit- English Dictionary : etymologically and philosophically arranged with special references to Cognate Indo-European Language/Monier Williams, 1970.
6. Tibetan-Sanskrit Dictionary/ed. by Lokesh Chandra.-New Delhi : International Academy of Indian Culture, 1961, 12 Vols.
7. A Dictionary in Sanskrit and Englihs / H.H. Wilson. 2nd ed.-Calcutta : Collage of Fort Willaim, 1832.
8. आधुनिकसंस्कृतहिन्दीकोश / ऋषीश्वर नाथ भट्ट; सम्पादक.-आगरा : राम प्रसाद एण्ड सन्स, 1955. 542, 18 पृ.
9. Dictionary in Sanskrit and English/W. Yates. - Calcutta : Baptest Mission Press, 1846. iv, 928 p.
10. पालि - हिन्दी शब्दकोश /भ.आ. कौसल्यायन दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
11. Kurzgedfabtes etymologisches Worterbuck desAttindischen : A Conciese etymological Sanskrit Dictionary /Manfred Mayrhofer.- 1963. Vol. 11.(D.-M.).
12. शब्द रत्न समन्वयकोश/शाहजी; विटठल राम लल्लू रामशास्त्री; सम्पादक.- बड़ौदा : ओरियन्टल इन्स्टीच्यूट,1932. 605 पृ.

इसी प्रकार बहुभाषिक कोश (Multilingual Dictionary) में दो से अधिक भाषाओं के शब्दों या पदों की वर्णानुक्रमिक सूची होती है । उदाहरणार्थ–

1. Sanskrit- Hindi - English Dictionary/Ved Prakash Shastri and Ramesh Kumar Pandey.-New Delhi : Neeta Prakashan, 1999.
2. Exhaustive English, Hindi - Sanskrit Dictionary / Raghuvira. - Nagpur : International Academy of English Literature, 1954.

3. प्राकृत रूप रचनाकोश / हरि शंकर पाण्डेय- दिल्ली : न्यू भरतीय बुक कॉरपोरेशन, 2001, 319 पृ.
4. धम्मपद कोश (पालिं, संस्कृत-हिन्दी) /श्री कच्छेदी लाल गुप्त - वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, 2009 ।
5. Sanskrit - English - Tebetan Vocabulary /Alexander Csomade Koros.- Delhi : Indian Books Centre, 2007. 2 Vols.

3. शब्दकोश की उपयोगिता (Use of Dicionaries) निम्नवर्णित सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए शब्दकोशों का उपयोग किया जाता है–

1. शोध एवं शैक्षिक गतिविधियों में शब्दकोश बहुत उपयोगी होता है ।
2. शब्दों की उत्पत्ति, इतिहास, उच्चारण, वर्तनी, पर्यायवाची तथा विलोम शब्द जानने के लिए शब्दकोश का उपयोग होता है ।
3. शब्दों के संकेताक्षर, संकेत चिह्न, सामाजिक चिह्न की प्रमाणिकता तथा शब्द विन्यास के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए शब्दकोश का उपयोग किया जाता है
4. शब्दों एवं उनके अर्थों के आधार पर किसी देश की सांस्कृतिक, सामाजिक आदिपरिस्थितियों का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है ।
5. भाषा विज्ञान के अध्ययन एवं अध्यापन में शब्दकोश का उपयोग किया जाता है ।
6. विदेशी भाषाओं के शब्दों का अर्थ जानने के लिए शब्दकोश का उपयोग किया जाता है ।
7. उद्धरणों, मुहाबरों, कहावतों तथा आदि भाषाओं के शब्दों के मूल रूप के परिज्ञान के लिए शब्दकोश का उपयोग आवश्यक होता है ।
8. प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्तियों के नामों तथा प्रमुख ऐतिहासिक्र एवं भौगोलिक स्थानों के नामों की जानकारी के लिए भी शब्दकोश का उपयोग किया जाता है ।

4. शब्दकोशों का मूल्यांकन–समय के साथ-साथ सभी प्रकार के शब्दकोशों के रचना के क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है जिसके फलस्वरूप अनेक नवीन शब्दकोशों को प्रकाशित किया गया । सूचना विस्फोट एवं धन की कमी के कारण किसी भी ग्रन्थालय के लिए सभी प्रकार के उपलब्ध शब्दकोशों का अधिग्रहण करना सम्भव नहीं है । इन परिस्थितियों में शब्द कोशों का क्रय करने से पहले ग्रन्थालयों में उनका मूल्यांकन किया जाता है क्योंकि किसी भी शब्दकोश को पूर्णतः उपयुक्त एवं पूर्ण नहीं माना जा सकता है । इस परिपेक्ष्य में डा. जॉनसन ने शब्दकोशों की तुलना घड़ियों से करते हुए कहा था कि

"किसी स्रोत के न होने से किसी अनुपयोगी स्रोत का ही होना अच्छा है और जो सर्वोत्तम है वह भी पूर्णतया शुद्ध एवं स्वयं में परिपूर्ण नहीं हो सकता है । "इस प्रकार प्रत्येक शब्दकोश के कुछ गुण एवं कुछ अवगुण होते हैं । शब्दकोशों का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित जाँच बिन्दुओं को निर्धारित किया गया है :-

1. **प्रमाणिकता**-किसी भी शब्दकोश की प्रमाणिकता उसके लेखक अथवा संकलनकर्ता तथा अन्य सहयोगियों एवं प्रकाशकों की ख्याति एवं प्रसिद्धि के आधार पर सुनिश्चित की जाती है । लेखकों अथवा संकलनकर्त्ता की प्रमाणिकता का मूल्यांकन उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर किया जाता है । शब्दकोश के मूल्यांकन में शब्दकोश के प्रकाशन का इतिहास भी उसकी प्रमाणिकता का एक महत्वपूर्ण आधार होता है । एक निश्चित अवधि पर संशोधित एवं अद्यतन होने वाले शब्दकोशों की विश्वनियता एवं प्रमाणिकता अधिक होती है ।
2. **विषय विस्तार एवं उद्देश्य**-शब्दकोश के विषय विस्तार का मूल्यांकन कोश रचनाकार द्वारा पदों अथवा शब्दों के चयन के आधार पर तथा शब्द भण्डार के आकार को जाँच कर किया जा सकता है । किसी भी प्रकार के शब्दकोश चाहे वह सामान्य शब्दकोश हो या भाषागत या विषयगत हो उसके विषय क्षेत्र एवं उद्देश्य का मूल्यांकन उसके भूमिका एवं प्रस्तवना के अध्ययन एवं अवलोकन करके किया जा सकता है । किस प्रकार के उपयोक्ताओं के लिए शब्दकोश को संकलित किया गया है के आधार पर उसके उद्देश्य को ज्ञात करने में सहायता मिलती है।
3. **विन्यासपद्धति एवं शब्द की प्रतिपादन शैली**-अधिकांश शब्दकोशों में शब्दों का विन्यसन वर्णानुक्रम में व्यवस्थित होता है । पदों अथवा शब्दों को अक्षर-प्रति अक्षर (Letter by Letter) या शब्द दर शब्द (Word by Word) व्यवस्थित किया जा सकता है । प्रविष्टियों के क्रम, व्यवस्थापन तथा स्वरूप में सुसंगतता होनी चाहिए।

   शब्दकोशों के प्रविष्टि में शब्दों के वर्तनी, उच्चारण, अक्षर-विन्यास, परिभाषा, प्रयोग, पर्यायवाची एवं विलोम शब्दों के आधार पर शब्दकी प्रतिपादन शैली का पता लगाया जा सकता है।
4. **आकार-स्वरूप**-शब्दकोश के मूल्यांकन में उसके भौतिक आकार का भी मूल्यांकन किया जा सकता है । शब्दकोश का क्रय करते समय आकार, जिल्दसाजी, कागज की गुणवत्ता, मुद्रण एवं उसके आकर्षक स्वरूप पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

5. **विशिष्ट विशेषताएँ**-कुछ शब्दकोशों में विश्वकोशीय शब्दकोशों की विशेषताएँ पायी जाती हैं, जिनके फलस्वरूप इनका मूल्य बढ़ जाता है तथा ये त्वरित सन्दर्भ उपकरण का कार्य करते हैं जैसे विभिन्न स्थानों के भौगोलिक एवं ऐतिहासिक विवरण, विभिन्न-क्षेत्रों के प्रसिद्ध हस्तियों के जीवन चरित का विवरण, प्रमुख एवं विख्यात राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, शैक्षणिक संस्थाओं तथा संगठनों के नाम, मानचित्र, शब्दों के चित्रलेख तथा ऐसे शब्दों का विवरण जिनकी व्याख्या कठिन हो, फूलों, फलों, वनस्पतियों, कीटों, पशु-पक्षियों, स्वचालित यंत्रों एवं मोटरकारों के रंग-बिरंगे चित्रों के साथ उनके प्राकृतिक रंग और आनुपातिक आकार इत्यादि के आधार ग्रन्थालय में अधिग्रहण करने से पूर्व उत्तम कोटि के शब्दकोशों का मूल्यांकन कर लेना चाहिए ।

5. **सामान्य शब्दकोश (General Dictionaries)-**

हलायुध कोश (अभिधान रत्नाकर) जयशंकर जोशी, सम्पादक लखनऊ : हिन्दी समिति, 1957. 746 पृ.

हलायुध कोश संस्कृत भाषा का एक अतिप्राचीन शब्दकोश है तथा इसको "अभिधान रत्नमाला" के नाम से भी जाना जाता है । इसके सम्पादन का कार्य जयशंकर जोशी के द्वारा सम्पन्न किया गया है तथा इसे सरस्वती भवन-ग्रन्थालय, सं.सं. वि.वि. के सरस्वती भवन प्रकाशन माला 12 के रूप में प्रकाशित किया गया है। इस शब्द कोश के संकलन में कुल पृष्ठों की संख्या 1 से लोकर - 746 तक है तथा इस कोश को सर्वप्रथम (950 ई.) में संकलित किया गया था ।

प्रस्तुत शब्दकोश में पृष्ठ संख्या 1 से लेकर पृष्ठ सं. 102 तक प्रथम काण्डम से पंचम काण्डम में श्लोकों का वर्णन है, जबकि पृष्ठ संख्या 103 से लेकर 746 तक संस्कृत भाषा के शब्दों को उनके अर्थों सहित "अ" से "ह" तक वर्णानुक्रम में विवरण प्रस्तुत किया गया है ।

ग्रन्थ में शब्दों का विन्यसन अक्षर प्रति अक्षर किया गया है जिससे संस्कृत भाषा में रूचि रखने वालों पाठकों द्वारा इसका उपयोग करने में कोई परेशानी नहीं होती है ।

इस प्रकार यह संस्कृत भाषा में एक अत्यन्त उपयोगी एवं महत्वपूर्ण सामान्य शब्दकोश है।

अनेकार्थ शब्दकोश (मेदिनीकोश) । मेदनी कर...संस्कृत साहित्य के प्राचीन कोशों में "अनेकार्थ शब्दकोश" या "मेदनीकोश" भी एक महत्वपूर्ण शब्दकोश है । इस कोश के रचयिता का नाम मेदिनीकर है और यही कारण है कि प्रस्तुत कोश "मेदनीकोश" के नाम से प्रसिद्ध है । इस कोश का मुख्य भाग शब्द वर्ग है जिसमें कान्तवर्ग से हान्त वर्ग तक के शब्दों का समावेश है । अर्थात् पहले वे शब्द दिये गये हैं जिनका अन्त 'क' अक्षर से होता है, फिर जिनका अन्त 'ख' अक्षर से होता है, फिर 'ग' अक्षर से होने वाले और अन्त में 'ह' अक्षर से होने वाले शब्द हैं ।

हलायुध के अभिधान रत्नमाला के भांति ही यह शब्दकोश भी संस्कृत भाषा में रूचि रखने वाले पाठकों के लिए महत्वपूर्ण शब्दकोश है ।

अमरकोष :/ अमर सिंह; श्री मन्नालाल अभिमन्यु - वाराणसी : चौखम्बा विद्याभवन, 2001 ।

प्रस्तुत कोश संस्कृत के प्राचीनतम कोशों में सम्मानीय स्थान प्राप्त महत्वपूर्ण शब्द कोश है । अब तक अमरकोष पर कई भाषाओं में अनेक टीकाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं । संस्कृत साहित्य में यास्क के "निघण्टु" एवं "निरूक्त" के बाद अमरकोष ही सबसे प्राचीन कोश ग्रन्थ है तथा इसकी रचना निघण्टु शैली पर ही आधारित है ।

इस प्रकार प्रस्तुत कोश में लगभग दस हजार शब्द हैं तथा प्राचीन समय में ये सब कोश कण्ठस्थ किये जाते थे क्योंकि ये सब कोश ग्रन्थ पद्य में रचे गये हैं। भारत ही नहीं बल्कि भारत के बाहर के देशों के संस्कृत भारत के बाहर के देशों के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ख्यातिलब्ध प्रकाशकों द्वारा समय-समय पर इस महत्वपूर्ण शब्दकोश पर अनेक टीकाएँ प्रकाशित की जा चुकी हैं ।

संस्कृत के अध्येताओं के लिए यह महत्वपूर्ण शब्दकोश है ।

A Sanskrit English-Dictionary / Wellinans, Monier.-Delhi : Motilal Banarasidas, 1970, xxxii, 1333 p.

मोनियार विलियमस की प्रसिद्ध अंग्रेजी-संस्कृत शब्दकोश का प्रथम संस्करण ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस से सन् 1899 ई. में प्रकाशित हुआ । इस शब्दकोश में सम्मिलित शब्दों की संख्या एक लाख अस्सी हजार है । इस कोश के संकलनकर्ता मोनियर विलियम ऑक्सफोर्ड वि.वि. में वोडेन चेयर-पर नियुक्त प्राध्यापक थे तथा इनसे पहले इस चेयर पर नियुक्त प्राध्यापक एम. एच. विल्सन थे । जिन्होंने संस्कृत - अंग्रेजी कोश के लिए लगभग दो हजार संस्कृत की धातुओं को क्रमबद्ध भी किया था । किन्तु वे यह काम पुरा न कर पाये और अपनी संकलित सामग्री मोनियर विलियम को सौंप दी ।

इस शब्दकोश का भारतीय संस्करण संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ख्यातिलब्ध-प्रकाशक मोतीलाल बनारसी दास के द्वारा प्रकाशित किया गया है । अबतक इस शब्दकोश में अनेक संशोधन हो चुके हैं । वर्तमान में इसका इलैक्ट्रानिक रूप भी उपलब्ध है ।

इस प्रकार यह संस्कृत शब्दकोश एक मानक कृति है तथा अंग्रेजी भाषा के माध्यम से संस्कृत का उपयोग करने वाले विद्यार्थियों, विद्वानों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी शब्द कोश है ।

संस्कृत-हिन्दी कोश / वामन शिवराम आप्टे दिल्ली : मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्रा. लि. 1986, 1996.

प्रस्तुत "संस्कृत हिन्दी कोश" वामन शिवराम आप्टे की विख्यात "The Students Sanskrit- English Dictionary" का राष्ट्रभाषा हिन्दी में सर्वप्रथम अनुवाद है । शब्दकोश के इस हिन्दी संस्करण में तीन प्रमुख विशेषताएँ हैं, जैसे प्रायः सभी मूल शब्दों की व्युत्पत्ति इसमें दी गयी है, जिससे यह संस्कृत के उपयोक्ताओं के लिए और अधिक उपयोगी बन गया है ।

दूसरी विशेषता के अन्तर्गत पाठकों की सामान्य जानकारी के लिए इसमें उपसर्ग और प्रत्यय का संक्षिप्त दिग्दर्शन करा दिया गया है ।

इस महत्वपूर्ण शब्दकोश का तिसरी विशेषता यह है कि इसके अन्त में परिशिष्ट के रूप में शब्दों का नया संकलन जोड़ दिया गया है । इस महत्वपूर्ण शब्दकोश के प्रकाशन से पूर्व संस्कृत से हिन्दी में कोई अच्छा कोश उपलब्ध नहीं था । जो एक, दो उपलब्ध थे भी तो उनमें बहुत थोड़े ही शब्दों को स्थान मिला है, जिससे विर्द्यार्थियों की आवश्यकताएँ पुरी नहीं होती । इस शब्दकोश में कुल पृष्ठों की संख्या 1400 तक है । इस कोश के उपयोग हेतु इसमें पाठकों के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं। इसमें संकलित शब्दों के क्रम देवनागरी के वर्णानुक्रम में विन्यसित है । इसमें पृष्ठ संख्या 1 से 16 तक इस कोश से सम्बन्धित प्रारम्भिक सूचना संकलित हैं ।

इस प्रकार संस्कृत हिन्दी वृहत् कोश एक मानककृति है जो संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के सभी उपयोक्ताओं के लिए अत्यन्त सूचनाप्रद एवं उपयोगी शब्दकोश है ।

A Dictionary - English & Sanskrit / Willianms, Monier.- Varanasi : Motilal Banarasidass, 1971, 859 p., 3rd edn.

मोनियर विलियम ने संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश के साथ ही साथ एक अंग्रेजी-संस्कृत शब्द कोश भी तैयार किया था जो सन 1851 में पुरा हो गया था । इसी प्रसिद्ध शब्दकोश का भारतीय संस्करण का प्रकाशन मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशक के माध्यम से सम्पन्न हुआ ।

इस शब्दकोश में अंग्रेजी भाषा के शब्दों का संस्कृत रूपान्तरण वर्णानुक्रम में व्यवस्थित हैं। इसमें अंग्रेजी शब्दों का विन्यसन अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर-"A" से "H" तक आने वाले सभी शब्दों को संकलित किया गया है । इसमें जितने भी अंग्रेजी शब्द संकलित हैं, उन्हीं शब्दों के नीचे उनका अर्थ संस्कृत भाषा में वर्णित है । इस कोश के संकलन में कुल 859 पृष्ठों का उपयोग किया गया है तथा इसमें प्रारम्भिक पृष्ठों की संख्या कुल बारह हैं जिन्हें रोमन अंक में प्रदर्शित किया गया है ।

इस कोश ग्रन्थ के आरम्भ में Contractions, Errata तथा प्रस्तावना का विवरण संकलित है । संस्कृत भाषा के माध्यम से अंग्रेजी भाषा को सीखने में यह एक मानक कृति

जो विद्वानों, अनुवादकों, विद्यार्थियों एवं अन्य उपयोक्ताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी है ।

Practical Sanskrit-English Dictonary/Vaman Shivaram Apteced. by P.K. Gode and C.G. Karve. - Rev. and enl.-Poona : Prakashan, 1957-1959. 3 Vols.

मोनियर विलियम द्वारा निर्मित संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश के वृहदाकार रूप के कारण ही वामन शिवराम आप्टे ने संस्कृत भाषा के इस कोश का संकलन किया है । जो पाठक मोनियर विलियम के बड़े कोशों का उपयोग नहीं कर सकते उनके लिए यह कोश बहुत सुविधाजनक है । इसका प्रथम संस्करण 1890 में प्रकाशित हुआ था । इस कोश में पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या देने का भी प्रयत्न किया गया है तथा इसमें संकलित शब्दों का क्षेत्र न्याय, अलंकार, वेदान्त, व्याकरण एवं नाट्यशास्त्र से सम्बन्धित है ।

इस शब्द कोश की दो प्रमुख विशेषताएँ हैं, पहला यह कि इसमें 4000 शब्दों की जो संस्कृत व्याकरण, लेखकों के नामों, कृतियों अथवा पाण्डुलिपियों के रूपमें उपलब्ध ग्रन्थ हैं उनकी एक शब्द सूची (Concordance) दी गयी है । जबकि दूसरी विशेषता यह है कि इसके दो परशिष्टों में 475 मुहावरों एवं कहावतों की एक सारिणी दी गई है । इस प्रकार संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित विद्यार्थियों, विद्वानों एवं शोधार्थियों के लिए यह एक अत्यन्त उपयोगी शब्द कोश है ।

Sanskrit - Hindi - English Dictionary /VedPrakash Shastri and Ramesh Kumar Pandey.-New Delhi : Neeta Prakashan, 1999. 266 p.

प्रस्तुत कोश बहुभाषी कोश का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है. । संस्कृत-हिन्दी एवं अंग्रेजी के 8000 शब्दों को इसमें संकलित किया गया है । इसमें शब्दों की व्युत्पत्ति, प्रत्यय एवं उपसर्ग पर भी प्रकाश डाला गया है । इस कोश में कुल ग्यारह परिशिष्टों के माध्यम से संस्कृत भाषा से सम्बन्धित विभिन्न क्षेत्रों जैसे प्रत्यय, उपसर्ग, अव्यय, छन्द, अलंकार परिचय, न्याय, पौराणिक ऐतिहासिक नामों के साथ ही साथ भौगोलिक स्थानों के नामों का भी उल्लेख किया गया है । जबकि 10वें और 11वें परिशिष्ट में ख्यातिलब्ध लेखकों, एवं संवैधानिक शब्दों का वर्णन किया गया है। इन सबके अतिरिक्त इस शब्दकोश में विद्यार्थियों के लिए कुछ निर्देश, संकेत सूची एवं अनुक्रमणी भी दिया गया है ।

यह एक अत्यन्त उपयोगी एवं अद्यतन शब्दकोश है तथा छपाई साफ एवं स्पष्ट है। भौतिक आकार अच्छा है । संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विषयगत शब्दकोशों के कुछ प्रमुख उदाहरण–

6. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विषय गत शब्द कोश :

विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी के भांति ही संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में भी दिन प्रति दिन सामान्य एवं विषयगत शब्दकोश प्रभावशाली होते जा रहे हैं। फिर भी विज्ञान, प्रद्यौगिकी, तथा चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में जिस प्रकार वैज्ञानिक शब्दकोशों

की बहुलता है। संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में अभी इनकी संख्या बहुत कम है । प्रायः अधिकांश विषय शब्दकोश का प्रकृति विश्वकोशीय होते हैं। भारतीय परिपेक्ष्य में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विकास में योगदान करने वाले अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय विद्वानों के साथ ही साथ वैदिक शोध संस्थानों एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख प्रकाशन प्रतिष्ठानों ने सराहनीय कार्य किया है ।

1. वैदिकपदानुक्रमकोष / विश्ववन्धु एवं भीमदेव; सम्पादक - होशियार पुर : विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान, 1942-1959 (बहुखण्डीय) ।
2. हिन्दू धर्म कोश / राजबली पाण्डेय; सम्पादक - लखनऊ, उ.प्र. हिन्दी संस्थान, हिन्दी समिति प्रभाग, 1978. 706 पृ.
3. Dictionary of World Gods and Goddess /T. Rengarajan.-Delhi : Eastern Book Linkers, 2008. vi, 318 p.
4. सर्वधर्म कोश / राम सरूप रसिकेश - वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, 2009।
5. Vedic Etymology /Fatah Singh.-Delhi : National Publishing House, 1960. 253+3 p.
6. वैदिक कोश /मधुसूदन शर्मा - जयपुर : बाल चन्द्रालय, 1828. 72 पृ.
7. Etudes sur le Vocabulaire du Rigveda . Louis Renou.- Pandichery : Institute Frangaise Indologie, 1958. 69 p.
8. वैदिक इण्डेक्स (वैदिक कोश) / मैक डोनेल एवं कीथ; हिन्दी अनुवाद द्वारा रामकुमार राय.-वाराणसी : चौखम्बा विद्याभवन, 2009 (दो भागों में) ।
9. Vedic Index of names and Subjects /A.A. Macdonelle and A.B. Keith.-Delhi : Motilal Banarasidas, 1958.2 Vols.
10. Vedic Concordance / Maurice Bloomfield.-Delhi : Motilal Banarasidas, 1964. xxii, 1078 p.
11. वैदिक कोश / सूर्यकान्त - बनारस : काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, 1963.596 पृ.
12. वैदिक वाङ्मय निर्वचन कोश / रूप किशोर शास्त्री - दिल्ली प्रतिभा प्रकाशन, 2001 XVI, 250 P.
13. श्रौतप्रायश्चितकोश / रवीन्द्र मुले-दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2004. XVI 304 पृ.
14. व्रतकोश / जगन्नाथशास्त्री होशिंग - वाराणसी : सं.स.वि.वि., 2006. 400 पृ.

15. श्रौत कोश / आर. एन. डाण्डेकर - पूना : वैदिक संशोधन मण्डल, 1958. (दो भागों में) ।
16. उपनिषद्वाक्य महाकोशः/गजानन शम्भू साधले.- वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, 2009 ।
17. इण्डेक्स टु शाबर भाष्य / जे. ए. जैकब. - वाराणसी : सं. सं. वि.वि., 2006. 152 पृ. (अनुवादित).
18. A Concise Dictionary of Philosophy / K. Srinivas and V. Kutumba Sastry.-New Delhi : D.K. PrintWorld (p) Ltd., 2007. Xi, 426 p.
19. Encyclopaedic dictionary of Philosophy . Nirmal Kumar Verma.-New Delhi : Crescent Publishing Coroprations, 2006. 3 Vols.
20. Indian Philosophy A-3/Christopher Bartley.-New Delhi : New Age Books, 2005. 196 p.
21. Dictionary of Philosophy / Dagobert D. Runes.-15th. Rev. ed.-New York : Philosophical Library, 1960. 343 p.
22. A Dictionary of Philosophy/ ed. by M. Resenthal and P. Yulin.-Moscow : Progress Publishers, 1967. 494 p.
23. Indian Philosophical Terms-Glossary and Sources / Kala Acharya; Chief Editor.-New Delhi : Somaiya Publications Pvt. Ltd., 2004. xiii, 712 p.
24. भारतीय दर्शन परिभाषा कोश । दीनानाथ शुक्ल - दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 1993. 300 पृ.
25. भारतीय दर्शन वृहत्कोश । बच्चू लाल अवस्थी "ज्ञान"–दिल्ली : शारदा पब्लिशिंग हाउस, 2004. (चार खण्डों में)
26. विशिष्टा द्वैतकोश / एस. एम. एस. वरदाचार्य; सम्पादक.-वंगलोर : मेलुकोटे : यादवाद्रि, 1997 (बहु खण्डीय).
27. योगशब्द कोश / सुभाष विद्यालंकार - दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2005 XVI 230 पृ.
28. इण्डेक्स टु वाल्मीकि रामायण। मनमथ राय.-वाराणसी : सं.सं. वि.वि. 2006. 264 पृ.
29. रघुकोश : संस्कृत - हिन्दी पर्यायों का संग्रह । रघुनाथ दत्त बन्धु - दिल्ली : मोतीलाल बनारसी दास, 1962. 508 पृ.
30. संस्कृत साहित्य कोश / राम जी उपाध्याय–वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, 2009 ।

31. संस्कृतनाट्यकोश / राम सागर त्रिपाठी - दिल्ली : चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, 1997 (दो खण्डों में) ।
32. बालमीकीय रामायण कोश / राम कुमार राय - वाराणसी : चौखम्ब संस्कृत भवन, 2007. 421 पृ.
33. कालिदास पर्यायकोश / त्रिभुवननाथ शुक्ल - दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2008 (दो भागों में)
34. महाभारत कोश / राम कुमार राय - वाराणसी : चौखम्बा संस्कृत सीरीज, 1964. 158 पृ.
35. Dictionary of Vedas /T. Rengarajan.- Delhi : Eastern Book Linkers, 2004, 434 p.
36. वैदिककोश चन्द्रशेखर एवं अनिल कुमार उपाध्याय दिल्ली : नाग प्रकाशक, 1995 (दो खण्डों में) 973 ज. 29 सेमी.
37. Theosophical Glossary / H.P. Blavatsky.-New Delhi : Asian Publication Series, 1993. 389 p. 22 Cm.
38. Dictionary of Aurobindo's Yoga . M.P. Pandit.-1966.
39. Dictionary of Panini / Sumitra Mangesh Katre.- 3 Vols.
40. संस्कृत वाङ्मय कोश / श्रीधर भास्कर वर्णेकर; सम्पादक - कोलकाता : भारतीय भाषा परिषद, 1988. (तीन खण्डों में)
41. वाङमयार्णवः/ राम अवतार पाण्डेय - वाराणसी : ज्ञान मण्डल लिमिटेड, 1966 815 पृ.
42. Dictionary of Sanskrit on historical Principles/Poona : Deccan College, 1949. 8, xxxvp.
43. A Dictionary of Sanskrit Grammar / K.V. Abhankar.-Baroda : G.O.S., 1961. 134 p.
44. पुराणकथाकोश । गौरी नाथ शास्त्री सम्पादक - सीतापुर :- नैमिषरन्य :पौराणिक तथा वैदिक अध्ययन एवं अनुसन्धान संस्थान, 1983 (बहुखण्डीय) ।
45. कूर्म महापुराण विषयानुक्रम कोश उमाशंकर त्रिपाठी; सम्पादक - वाराणसी : सं. वं.वि.वि. 1990. 728 पृ. 1967. (पाँच भागों में)
46. नाममाला / धनञ्जय; भाष्य द्वारा अमर कृति, सम्पादन द्वारा सम्भुनाथ त्रिपाठी- काशी : भारतीय ज्ञान पीठ, 1950.138 पृ.
47. भारतीय पुरा इतिहास कोश / अरूण-नई दिल्ली : राधा पब्लिकेशसन्स, 2009। (दो भागों में)

48. Dictionary of Hindu Architeture/P.K. Acharya.-Oxford : Oxford University Press, 1927.
49. Dictionary of mythology / Lewis Spence.-London : Cassell, D., 198 p.
50. Short Dictionary of mythology / P.C. Woodceck.-New York : Philosophical Library, 1953.127 p.
51. संस्कृत सङ्गणक शब्दकोश (Sanskrit Dictionary of Computers) / Compliled by Srikantha Jamadagni; ed. by Srinivas Varakhedi.-Hyderabad : Sanskrit Parishad, 2009
52. रामचरित मानस पदानुक्रम कोश / त्रिभुवन नाथ शुक्ल - दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2010।

Dictionary of Sanskrit on Historical Principles - Poona : Deccan College, 1949.-8, XXXV P.

यह शब्द कोश संस्कृत का विश्वकोशीय शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 1949 ई. में डेकन कालेज, पूना के सौजन्य से प्रकाशित हुआ था । इसके प्रधान सम्पादक ए. एम. घटेज थे । इस कोश में संस्कृत शब्दकोश के ऐतिहासिक सिद्धान्तों की प्रकृति, क्षेत्र एवं समस्याओं से सम्बन्धित जानकारी दी गयी है । इसके साथ ही साथ इसमें ग्रन्थों के लेखक, सम्पादक, संस्करण, संकेताक्षर, सन्दर्भों की पद्धति तथा संस्कृत साहित्य से सम्बन्धित ग्रन्थों के काल क्रम की तालिका भी प्रस्तुत है।

इस शब्दकोश की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें संस्कृत के सभी पक्षों से सम्बन्धित उपयुक्त एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है । इसके पदों अथवा शब्दों की अनेक पक्षों की दृष्टि, उनकी व्युत्पत्ति, प्राचीन तथा वर्तमान प्रयोग के साथ ही साथ अन्य भाषा वैज्ञानिक पक्षों पर भी प्रकाश डाला गया है ।

प्रस्तुत शब्दकोश के निर्माण की प्रक्रिया एक परियोजना के तहत सन् 1948 ई. में प्रारम्भ किया गया तथा इसे कई खण्डों में प्रकाशित करने की योजना बनी । परन्तु अभी तक इसके शेष खण्ड प्रकाशित नहीं हो सके हैं, जिससे यह शब्दकोश अभी भी पूर्ण नहीं है ।

फिर भी इस शब्दकोश के प्रथमखण्ड से इतना तो स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा, साहित्य तथा प्राच्य विद्या में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों एवं अध्यताओं के लिए जब यह अपने शेष खण्डों के साथ प्रकाशित होगा तो एक अत्यन्त उपयोगी एवं सूचनाप्रद शब्दकोश होगा।

वैदिक पदानुक्रम कोष । विश्वबन्धु एवं भीमदेव; सम्पादक-होशियारपुर : विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान, 1942-59. (पाँच भाग-सोलह खण्ड)।

प्रस्तुत ग्रन्थ "वैदिक पदानुक्रमकोष" पुरे विश्व में वैदिक साहित्य का अद्वितीय कोश ग्रन्थ है । स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों से प्रभावित होकर स्वामी विश्वेश्वरानन्द तथा स्वामी नित्यानन्द ने सन् 1903 में संयुक्त रूप से एक पूर्ण वैदिक शब्दकोश के संकलन का कार्य आरम्भ किये जिसमें वैदिक संहिता के चारो सिद्धान्तों-ऋग्वेद यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद को सम्मिलित किया गया । "वैदिक पदानुक्रमकोष" के प्रकाशन के पूर्व सन् 1929 में एक "वैदिक-शब्दार्थ-पारिजात" नाम से वैदिक साहित्य का एक पूर्ण शब्दकोश प्रकाशित किया गया । इसी परियोजना के तहत इसके अगले चरण में बारह हजार पृष्ठों का एक "वैदिक पदानुक्रम कोश" या "A Vedic Word Concordance" नामक एक बहुखण्डीय वैदिक पदानुक्रमकोश के निर्माण की नीव रखी गयी । इस पदानुक्रम कोश के संकलन में जिन ग्रन्थों को आधार स्वरूप में अपनाया गया उनमें Worter buch zum Rig-Veda-Grassmann (1873), Index Verborum to Atharveda-Whitney (1881), Word Index to Atharveda-Max-Muller (1998) और Rig-Veda-Padasuchi by Vaidik Sansodhan Manal, Poona (1951) आदि प्रमुख हैं ।

इस प्रकार विश्वेश्वरा वैदिक शोध संस्थान, होशियापुर के भारतीय मनीषियों के द्वारा सन् 1942 से लेकर 1949 तक इस वृहद् वैदिक पदानुक्रमकोश को पाँच भागों तथा सोलह खण्डों के प्रकाशित किया गया ।

कोश में भाग तथा खण्डानुसार संकलित विषयों का विवरण निम्नलिखित है–

भाग - 1; खण्ड - 1 : भूमिका, संहिता एवं 'अ'
भाग - 1; खण्ड - 2 : संहिता एवं 'आ'-'घ'
भाग - 1; खण्ड - 3 : संहिता एवं 'च' - 'न'
भाग - 1; खण्ड - 4 : संहिता एवं 'प' - 'ल'
भाग - 1; खण्ड - 5 : संहिता एवं "व"-"स"
भाग - 1; खण्ड - 6 : संहिता एवं भाग 'ह' एवं 'च' परिशिष्ट
भाग - 2; खण्ड - 1 : ब्राह्मणारण्यक "अ" - "ण"
भाग - 2; खण्ड - 2 : ब्राह्मणारण्यक "त"- "ह"
भाग - 3; खण्ड - 1 : उपनिषद भूमिका एवं "अ"- "न"
भाग - 3; खण्ड - 2 : उपनिषद् एवं 'प'-'ह', परिशिष्ट
भाग - 4; खण्ड - 1 : वेदाङ्ग एवं 'अ'- 'उ'
भाग - 4; खण्ड - 2 : वेदांग सूत्र एवं 'ग्रह'-'न'
भाग - 4; खण्ड - 3 : वेदाङ्ग एवं 'प'-'ल'
भाग - 4; खण्ड - 4 : वेदाङ्ग एवं 'व'-'ह'
भाग - 5; खण्ड - 1 : आदितोनुक्रम :

भाग - 5; खण्ड - 2 :

इस प्रकार यह वैदिक पदानुक्रमकोश निश्चय ही एक वैदिक साहित्य का एक उत्तम शब्दकोश है । वैदिक - एवं संस्कृत साहित्य के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा अध्यापकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ कृति है ।

हिन्दू धर्म कोश / राजबली पाण्डेय; सम्पादक, लखनऊ उ०प्र० हिन्दी संस्थान हिन्दी समिति प्रभाग, 1978, प्रथम संस्करण.

यह शब्दकोश प्राच्य विद्या एवं संस्कृत वाङ्मय के अन्तर्गत विषय शब्दकोश का प्रमुख उदाहरण है । इस शब्दकोश की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें हिन्दू धर्म में वर्णित विविध विषयों के सभी पदों या शब्दों को विशेष स्थान दिया गया है । हिन्दू धर्म के जिन प्रमुख क्षेत्रों को इसमें संग्रहित किया गया है उसमें धार्मिक वाङ्मय के प्रमुख ग्रन्थ, धर्म प्रवर्तक, आचार्यों, लेखकों, धार्मिक गति विधियों में योगदान करने वाले संत एवं महात्माओं, पूजा पद्धति, कर्मकाण्ड, उपासना एवं योग, व्रत, उत्सव, देवमण्डल, अर्द्ध देवयोनि, धर्म विज्ञान, धर्मशास्त्र, धार्मिक तथा नैतिक आचार, तीर्थ, पवित्रनदी, पर्वतादी, धार्मिक सम्प्रदाय तथा लोक विश्वास आदि प्रमुख हैं।

इस शब्दकोश के संकलन हेतु जिन स्रोतों को आधार स्वरूप अपनाया गया है उनमें वैदिक संहिताएँ, ब्राह्मण ग्रन्थ, आरन्यक, उपनिषद्, वेदाङ्ग, सूत्रग्रन्थ श्रौत, धर्म और गृह्य, रामायण और महाभारत, पुराण, उपपुराण, स्मृति-ग्रन्थ, दार्शनिक साहित्य, के साथ ही साथ भाष्य तथा निबन्ध ग्रन्थ, तन्त्र तथा आगम, प्रादेशिक भाषाओं का धार्मिक साहित्य, साम्प्रदायिक धार्मिक साहित्य, धार्मिक सुधारणाओं तथा आन्दोलनों के इतिहास ग्रन्थ, लोक धर्म का लिखित अथवा मौखिक साहित्य आदि प्रमुख हैं।

इस शब्दकोश की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें मुख्यतया वैदिक परम्परा से विकसित धार्मिक सम्प्रदायों का ही समावेश किया गया है । इसमें हिन्दू धर्म के विविध विषयों का संक्षिप्त परिचय देवनागरी के वर्णानुक्रम में वर्णित है ।

यह कोश धर्मशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए एक अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ स्रोत है।

पुराणकथाकोश / गौरीनाथ शास्त्री; सम्पादक सीतापुर : नैमिषारण्य : पौराणिक तथा वैदिक अध्ययन एवं अनुसन्धान संस्थान, 1983, (बहु खण्डीय) ।

"पुराणकथाकोश" पुराण वाङ्मय से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण वृहत विषयकोश है। इस वृहत विषय कोश की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें पुराण साहित्य से सम्बन्धित ऐसे अनेक आख्यान, उप आख्यान, चरित्र एवं कथाओं के वर्णन को सम्मिलित किया गया है जिनके द्वारा मानव समाज अपना चारित्रिक विकास एवं सामाजिक उत्थान कर सकता है । इसमें समस्त पौराणिक कथाओं और चरित्रों का संग्रह एक स्थल पर उपलब्ध हो सके, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर इस महनीय शब्दकोश का संकलन किया गया है।

पुराण में उपलब्ध विशाल साहित्य के आधार - प्रस्तुत विषय शब्दकोश को कई खण्डों में प्रकाशित करने की योजना बनी तथा सब पुराणों में अति प्राचीन "ब्रह्मपुराण" को इसके प्रथम खण्ड में संकलित करने की योजना तैयार की गयी । अतः प्रथम खण्ड में 'ब्रह्मपुराण' से सम्बन्धित कथाओं के संग्रह का उल्लेख किया गया है । इसी प्रकार इसके द्वितीय खण्ड में "मत्स्यपुराण" में वर्णित कथाओं के संग्रह को, एवं तृतीय खण्ड में "विष्णुपुराण" में वर्णित कथाओं के संग्रह का विवरण प्रस्तुत है । तदन्तर इसी क्रम में अन्य पुराणों में वर्णित कथाओं के संग्रहों का विवरण अलग-अलग खण्डों में प्रस्तुत किये गये हैं।

इस प्रकार यह शब्द कोश पुराण साहित्य में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं अध्यापकों के लिए एक सर्वोत्तम सन्दर्भ कृति है ।

कूर्म महापुराणविषयानुक्रम कोश / उमाशंकर त्रिपाठी; सम्पादक :- वाराणसी : सं. सं. वि.वि., 1990. 728 पृ.

प्रस्तुत ग्रन्थ "कूर्म महापुराण विषयानुक्रम कोश" पुराण साहित्य का एक महत्वपूर्ण विषय शब्द कोश है । इस विषय शब्दकोश के अन्तर्गत कूर्ममहापुराण में आये हुए विषयों के पदों की अर्थ एवं विश्लेषण को अकारादि क्रम में प्रस्तुत किया गया है । यह शब्दकोश कूर्म महापुराण विषयानुक्रम कोश का पूर्वार्द्ध खण्ड है तथा इसके उत्तरार्द्ध खण्ड के प्रकाशन होना अभी शेष है ।

इसमें आये हुए विषयों से सम्बन्धित पदों की व्याख्या संस्कृत में प्रस्तुत है। इस पूर्वार्द्ध खण्ड के संकलन में कुल 728 पृष्ठों का प्रयोग किया गया है । अतः यह शब्दकोश पुराण साहित्य में रूचि रखने वाले पाठकों की सूचना आवश्यकता की दृष्टिकोण से एक अत्यन्त उपयोगी विषय शब्दकोश है ।

ब्रह्मवैवर्त्त महापुराण विषयानुक्रमकोश - वाराणसी : सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्याल, 2006. 376 पृ.

यह शब्दकोश हिन्दू धर्मशास्त्र का एक विषय शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 2006 ई. में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रकाशन संस्थान से प्रकाशित हुआ है ।

इस शब्दकोश में ब्रह्मवैवर्त्त महापुराण में वर्णित विषयों से सम्बन्धित विवरणों को आकारादि क्रम में विन्यसित किया गया है । साथ ही साथ इस महापुराण में वर्णित विषयों का विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया है । इस शब्दकोश को स.म.अ.मा. (49) के रूप में प्रकाशित किया गया है ।

यह कोश पुराण के विद्यार्थियों, शोधछात्रों तथा अध्यापकों के लिए बहुत ही उपयोगी शब्दकोश है।

वामन महापुराण विषयानुक्रमकोश - वाराणसी : सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, 2006. (दो भागों में)।

यह शब्दकोश भी हिन्दू धर्म शास्त्र का विषय शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 2006 ई. में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रकाशन संस्थान से प्रकाशित हुआ है । इस शब्दकोश की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें वामन महापुराण में आये हुए विषयों के पदों / शब्दों को अकारादि क्रम में प्रस्तुत किया गया है ।

इस शब्दकोश को दो खण्डों में संकलित किया गया है तथा इसे सरस्वती भवन अध्ययन माला क्रमांक (46) के अन्तर्गत प्रकाशित किया गया है । इस प्रकार वामन महापुराण से सम्बन्धित यह एक महत्वपूर्ण शब्दकोश है जिसका प्रकाशन विश्व प्रसिद्ध सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय के अधीन हुआ है।

Dictionary of World Gods and Goddess/T. Rengarjan.-Delhi : Eastern Book Linkers, 2008. vi, 3/8 p.

इस शब्दकोश में विश्व में प्रचलित सभी धर्मों के प्रसिद्ध देवी - देवताओं के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचनाओं को संकलित किया गया है । इसमें संकलनकर्त्ता ने विश्व के प्रधान धर्मों एवं संस्कृति से सम्बन्धित एक काल क्रमनुसार महत्वपूर्ण सारणी का उल्लेख किया है जिसके आधार पर विश्व के किसी भी देश के प्रसिद्ध देवी-देवताओं के सम्बन्ध में तत्काल जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

इस कोश की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें वर्णित प्रधान देवी-देवताओं से सम्बन्धित विवरण अंग्रेजी के वर्णानुक्रम में आधे से एक पृष्ठ में लगभग विन्यसित हैं जिसमें इन प्रसिद्ध देवी-देवताओं की उत्पत्ति काल, पूजा का समय, पर्यायवाची, धार्मिक केन्द्र कला सन्दर्भ, साहित्यिक स्रोत, विवरण तथा इनके महत्वों को विशेषरूप से सम्मिलित किया गया है ।

इस शब्दकोश को कुल 318 पृष्ठों में संकलित किया गया है, जिसमें छः पृष्ठों का प्रधान धर्मों से सम्बन्धित एक भौगोलिक सूची संकलित है । इसके अतिरिक्त विद्यिार्थियों के सुविधा के लिए पृष्ठ सं. 263 से 309 तक एक अनुक्रमणी का भी उल्लेख किया गया है । परन्तु प्रस्तुत कोश में उप देवता अथवा यक्ष, गन्धर्व (Demigods), भूत-प्रेत (Demons) तथा पौराणिक महापुरुषों (Mythological Heroes) को कोई स्थान नहीं दिया गया है । फिर भी यह कोश अनेक दृष्टिकोण से धर्मशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी ग्रन्थ है ।

धर्म और संस्कृति कोश /अरूण -नई दिल्ली : राधा पब्लिकेशन्स, 2007 (दो भागों में) 650 पृ.

प्रस्तुत शब्दकोश में धर्म और संस्कृति से सम्बन्धित विभिन्न क्षेत्रों जैसे धर्मजन-कोश, धर्मसूत्रकोश, मानस मन्थन, सुभाषितकोश एवं अद्‌भुत किन्तु सत्य जैसे विषयों को

शामिल किया गया है । इसमें अद्‌भुत और आश्चर्यजनक घटनाओं एवं प्रसंगों का रोचक वर्णन कोश के रूप में प्रस्तुत किया गया है । इस शब्दकोश को कुल दो भागों में संकलित किया गया है तथा इसमें कुल 847 उक्तियों का वर्णन है । इसके प्रथम भाग का पहला शब्द जीवन आधार धर्म है, जबकि द्वितीय भाग में अन्तीम शब्द "लिंकन और केनेडी" के रूप में वर्णित है।

इस शब्दकोश की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसके अध्ययन से विद्यार्थियों की ज्ञानवृद्धि तो होगी ही साथ ही साथ उनका मनोरंजन भी होगा ।

A Concise Dictionary of Philosophy / K. Srinivas and V. Kutumba Sastry.-New Delhi : D.K. Print World (p) Ltd., 2007. Xi, 426 P.

प्रस्तुत शब्दकोश "A concise Dictionary of phelosophy" दर्शनशास्त्र का एक उत्तम एवं आधुनिक विषय शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 2007 ई. में प्रकाशित हुआ है । इस शब्दकोश की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें दर्शनशास्त्र के विविध क्षेत्रों से सम्बन्धित पदों/शब्दों की परिभाषा एवं अर्थों का विवरण अद्यतन शब्दकोशों की वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है । इसमें प्रविष्टियों को रोमन लिपि के वर्णमाला 'A' से 'Z' के क्रम में विन्यसित किया गया है तथा संस्कृत आधारित शब्दों को डाईक्रिटीकल चिह्नों के साथ प्रस्तुति के बाद भी व्यवस्थापन-क्रम एक समान ही है । फिर भी उच्चरण को लेकर इनमें भिन्नता परिलक्षित है ।

इसमें विन्यसित प्रत्येक पद के व्याख्या के सामने कोष्ठक में उसके मूल भाषा का भी उल्लेख है तथा इन मूल भाषाओं की संक्षिप्तिकरण का विवरण भी अलग से दी गयी है । पाठकों द्वारा इसका अधिकाधिक उपयोग हो इस हेंतु ग्रन्थ के आरम्भ में कुछ आवश्यक दिशा निर्देशों का भी उल्लेख है । इसके अन्त में नित्य प्रति उपयोग होने वाले कुछ विदेशी मूल के पदों (उनके अर्थों सहित) एक विस्तृत शब्दावली सूची भी दी गयी है ।

इस प्रकार यह विषय शब्दकोश दर्शनशास्त्र के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा अध्यापकों के लिए एक अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ कृति है जो अंग्रेजी माध्यम से दर्शनशास्त्र के अध्ययन, अध्यापन तथा शोध कार्य में रूचि रखते हैं ।

Encyclopaedic Doctionary of Pholosophy / Nirmal Kumar Verma.- New Delhi : Crescent Publishing Corporation, 2006. 3 Vols.

प्रस्तुत ग्रन्थ दर्शनशास्त्र का एक विश्वकोशीय शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 2006 ई. में प्रकाशित हुआ है । दर्शनशास्त्र के इस वृहहदशब्दकोश को कुल तीन खण्डों में प्रकाशित किया गया है । इसके अन्तर्गत दर्शनशास्त्र के सभी पदों, अवधारणाओं तथा आन्दोलनों को विशेष स्थान दिया गया है । साथ ही साथ प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक दर्शन के सभी-शाखाओं को भी इसमें सम्मिलित किया गया है।

इसमें संकलित सभी दार्शनिक पदों की परिभाषा एवं उनके अर्थों को अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत की गयी है ।

Indian Philosophy A-Z / Christopher Bartlly.-New Delhi : New Age Books, 2005. 196 p.

प्रस्तुत ग्रन्थ "Indian Philosophy A-Z" विषयशब्दकोश एक प्रमुख उदाहरण है। इस कोश ग्रन्थ में संकलन कर्ता भारतीय दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित सभी शाखाओं से पदों/शब्दों को एकत्रित करके उनके अर्थों तथा प्रयोगों को अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत करने का उत्तम प्रयास किया है ।

इस कोश ग्रन्थ के मुख्य भाग में A से Z के क्रम में भारतीय दर्शन के सभी पदों की अंग्रेजी-संस्कृत शब्दावली के साथ ही साथ डाईक्रीटीकल चिह्न के साथ ग्रन्थ में वर्णित प्रधान शीर्षकों से सम्बन्धित एक अन्य शब्दावली का भी उल्लेख है ।

दर्शनशास्त्र के विद्यार्थियों तथा अध्येताओं के लिए यह शब्दकोश बहुत उपयोगी कोशग्रन्थ है । इसके प्रत्येक खण्ड में वर्णित शीर्षकों का क्रम अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में विन्यसित है जिनका विवरण निम्नवत है–

खण्ड - 1 : A Class -Donor Gametes;

खण्ड - 2 : Double Blind Experiement Objectivty; and

खण्ड - 3 : Objectivity in Ethics - ZZZZ

इस प्रकार यह एक ऐसा शब्द कोश है जिसमें दार्शनिक पदों की उचित परिभाषाओं के साथ ही साथ उनसे सम्बन्धित अन्य विवरणों का भी उल्लेख प्रस्तुत है । इसलिए दर्शनशास्त्र के विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं सामान्य पाठकों के लिए यह अत्यन्त उपयोगी एवं सूचना प्रद - शब्दकोश है ।

Indian Philosophical Terms : Glossary and Sources / Kala Acharya; Editor-New Delhi : Somaiya Publications, 2004. 712 p.

प्रस्तुत ग्रन्थ "IndianPhilosophical Terms; glossary and Sources" भारतीय दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण पारिभाषिक शब्दकोश है । इस शब्दकोश में भारतीय धर्म एवं दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित विभिन्न पदों की अर्थ एवं परिभाषा अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत की गयी है । चूँकि भारतीय धर्मशास्त्र तथा दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित प्राचीन साहित्य ज्यादातर संस्कृत, पालि एवं प्राकृत भाषा में उपलब्ध हैं, फिर भी इस पारिभाषिक शब्दकोश में भारतीय दर्शन शास्त्र के सभी शाखाओं से सम्बन्धित विषयों को विशेष रूप से सम्मिलित किया गया है ।

इस पारिभाषिक शब्दकोश में प्रत्येक पद की व्याख्या के साथ ही साथ उससे सम्बन्धित परिचयात्मक टिप्पणियों का भी वर्णन किया गया है । यह सर्वविदित है कि

भारतीय दर्शन शास्त्र का क्षेत्र बहुत व्यापक है, फिर भी भारतीय दर्शन में विद्यमान सभी शाखाओं तथा विचारों से सम्बन्धित पदों की विस्तृत, स्पष्ट तथा आलोचनात्मक विवेचन प्रस्तुत करने का उत्तम प्रयास किया गया है ।

इसके संकलन में भारतीय दर्शन के जिन क्षेत्रों को आधार स्वरूप अनुसरण किया गया है उनमें सांख्य योग, न्यायवैषेशिक, पूर्वमीमांसा, वेदान्त, चार्वाक दर्शन, जैनदर्शन तथा बौद्धदर्शन आदि प्रमुख हैं । इसके अतिरिक्त इसमें दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित सामान्य पदों के साथ ही साथ तकनीकी पदों की भी व्याख्या प्रस्तुत की गयी है । इस शब्दकोश के संकलन में कुल 712 पृष्ठों का उपयोग किया है जिसमें पृष्ठ संख्या 1 से लेकर 200 तक के अन्तर्गत भूमिका का उल्लेख किया गया है, जबकि पृष्ठ 219 से लेकर 682 पृष्ठ तक अनुक्रमणी का उल्लेख है । इसमें लिप्यन्तरण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय मानकों का उपयोग किया गया है ।

इस प्रकार यह कृति भारतीय दर्शनशास्त्र के विद्यार्थियों एवं अध्येताओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्वरित सन्दर्भ स्रोत है ।

Theosophical Glossary / H.P. Blavatsky.- New Delhi : Asian Publication Services, 1993.

यह ग्रन्थ ईश्वरी ज्ञान से सम्बन्धित शब्दों अथवा पदों की एक परिभाषिक शब्दकोश है। इसे सन् 1892 में पहली बार प्रकाशित किया गया था फिर इसका पुन संस्करण सन् 1986 में प्रकाशित हुआ था । जबकि 1993 में इसे पुनः प्रकाशित किया गया ।

इसमें ईश्वरी ज्ञान से सम्बन्धित पदों अथवा शब्दों के परिभाषा एवं अर्थों को अंग्रेजी वर्णमाला के वर्णानुक्रम में A से Z के क्रम में प्रस्तुत किया गया है । इसमें भारतीय भाषाओं जैसे संस्कृत, पालि, तिब्बतन के साथ ही साथ ग्रीक, लैटिन, हिब्रु एवं परशियन भाषा के शब्दों को भी सम्मिलित किया गया है । इसमें पूर्वी एवं पश्चिमी जगत के विद्वानों एवं धर्मगुरुओं से सम्बन्धित सूचना को भी विशेष रूप से सम्मिलित किया गया है ।

इसके संकलन में कुल 389 पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा यह एक उत्तम सन्दर्भ स्रोत हैं ।

भारतीय दर्शन वृहत्कोश / बच्चूलाल अवस्थी "ज्ञान" - दिल्ली : शारदा पब्लिशिंग हाउस, 2004. (बहुखण्डीय)।

प्रस्तुत ग्रन्थ "भारतीय दर्शन वृहतकोश" भारतीय दर्शन शास्त्र का एक महत्वपूर्ण शब्दकोश है । यह वृहत शब्दकोश 2004 ई. में चार खण्डों में प्रकाशित हुआ है । इसमें दार्शनिक शब्दों के व्युत्पत्ति लभ्य एवं स्वरूपगत अर्थ के प्रतिपादक शास्त्रीय उद्धरणों का संकलन, समायोजन के साथ ही साथ यथावसर तुलनात्मक विवेचन की तटस्थ मीमांसा, पदों के व्याख्यान की समग्रता को प्रमाणित करने का प्रयास भी किया गया है । भारतीय दार्शनिक वाङ्मय मानविय चिन्तन का चरमोत्कर्ष है, जिसमें ऋषियों की तत्वार्थ दर्शिनी

प्रतिभा द्वारा उन्मीलित ज्ञान राशि ने शब्दों का प्रमाणिक आकार ग्रहण किया है । विविध दार्शनिक प्रणालियों में प्रयुक्त शब्द किसी विशिष्ट प्रस्थान के सन्दर्भ में अपना पारम्परिक अर्थ रखते हैं; जिसमें यथावत बोध के अभाव में किसी दर्शनभेद को यथार्थतः समझना अत्यन्त दुष्कर हो जाता है । यही कारण है कि इस महत्त्वपूर्ण कृति के निर्माण के बाद भी ग्रन्थकार ने समग्रता का अभिमान नहीं किया है । इसमें आचार्यों के ग्रन्थों का यथापेक्ष संकलन, समायोजन तथा लेखन ही प्रस्तुत लेखक का कार्य रहा है । इसलिए उसने किसी मत की समीक्षा करते हुए अपने मत का अभिनिवेश नहीं रखा है, जो कि इस बृहत्कोश की सबसे बड़ी लेखकीय उपलब्धि है। इस ग्रन्थ के प्रथम भाग में पृष्ठ सं. i से xii तक संकेत सहित ग्रन्थनाम सूची का उल्लेख है तथा भारतीय दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों की सन्दर्भ ग्रन्थ सूची भी संनिहित है । इसमें वर्णित दर्शनानुसार शब्द शीर्षक सूची के अन्तर्गत भारतीय दर्शन के अनेक क्षेत्रों से सम्बन्धित शब्दों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित करके प्रदर्शित किया गया है ।

इस सन्दर्भ ग्रन्थ के अन्तर्गत अचिन्त्य भेदाभेदभाव (वेदांत), अद्वैत वेदान्त, आयुर्वेद दर्शन, चार्वाक दर्शन, जैन दर्शन, द्वैत वेदान्त, (माध्व), द्वैताद्वैत (निम्बार्क), न्याय दर्शन, प्रत्यभिज्ञा दर्शन (काश्मीर शैवाद्वैत), बौद्ध दर्शन, बौद्ध दर्शन (माध्यमिक शून्यवाद) बौद्धदर्शन (योगाचार विज्ञानवाद), बौद्ध दर्शन (वैभाषिक सर्वास्तिवाद), बौद्ध दर्शन (सौत्रान्तिक सर्वास्तिवाद), मीमांसा दर्शन (कुमारिल), मीमांसा दर्शन (प्रभाकर), मीमांसा दर्शन (मण्डन मिश्र), योग दर्शन, विशिष्टताद्वैत वेदान्त, वेदान्त दर्शन, वैशेषिक दर्शन, व्याकरण दर्शन, शाक्त दर्शन, शुद्धाद्वैत वेदान्त, शैव दर्शन (द्वैत, विशिष्टातैत, दाक्षिणात्य, नकुलीश), सांख्य दर्शन जैसे भारतीय दर्शनशास्त्र के सभी शाखाओं को सम्मिलित किया गया है ।

यह शब्दकोश अबतक प्रकाशित भारतीय दर्शन के सभी शब्दकोशों में वृहतशब्दकोश होने के साथ ही साथ हिन्दी भाषा में प्रकाशित अद्यतन एवं सर्वाधिक उपयोगी कोश है । भारतीय दर्शनशास्त्र में रूचि रखनेवाले सभी श्रेणी के पाठकों के लिए यह एक बहुमूल्य कृति है ।

योग शब्दकोश / सुभाष विद्यालंकार - दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2005. 199 पृ.

प्रस्तुत ग्रन्थ योगशब्दकोश में संकलनकर्ता ने योगदर्शन तथा योग के विभिन्न अंगों को सुलभ बनाने के लिए विषय से सम्बन्धित दार्शनिक शब्दों को इस रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है कि सामान्य बुद्धि वाले गोगाभिलाषी भी ऐसे शब्दों के सामान्य अर्थों से आसानी से परिचित हो सकें ।

इस कोश ग्रन्थ में योग दर्शन तथा योग से सम्बन्धित जिन शब्दों को स्थान दिया गया है उनके अर्थों को वर्णानुक्रम में अक्षर 'अ' से 'ह' के क्रम में विन्यसित किया गया है।

इस प्रकार यह शब्दकोश वर्तमान परिवेश में योग जिज्ञासुओं एवं विद्वत समाज के लिए बहुत ही उपयोगी ग्रन्थ है ।

भारतीय पुरा इतिहासकोश / अरूण-नई दिल्ली : राधा पब्लिकेशसन्स, 2009 (दो भागों में)

प्रस्तुत 'भारतीय इतिहास पुराकोश' प्राचीन भारतीय इतिहास से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचनाओं की जानकारी करने हेतु एक बहुमूल्य कृति है । इसमें ऐतिहासिक साक्ष्यों का वर्णन विचारित तिथियों के अनुसार संकलित है । इस शब्दकोश को दो खण्डों में संकलित किया गया है ।

इसके प्रथम भाग में लगभग 5000 ईसा पूर्व से लेकर 600 ईसा पूर्व तक के ऐतिहासिक शाक्ष्यों का कोश क्रम के रूप में उल्लेख किया गया है । इसके खण्डों में जिन क्षेत्रों को आधार बनाया गया है उनमें पृथ्वी की आयु, मनुष्य का जन्म, पुराणों में इतिहास, भारत सिन्धू, त्रिदेव, आठ प्रकार के विवाह, सभ्यता का चक्र तथा आर्य कहाँ से आये आदि सम्मिलित है ।

इस शब्दकोश के दोनों खण्डों को मिलाकर कुल 760 पृष्ठों का उपयोग किया गया है जिसमें प्रथम खण्ड का पृष्ठांकन 1 से लेकर 360 तक है, जबकि दूसरे खण्ड में 361 से लेकर 760 तक है ।

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व के विद्यार्थियों के लिए यह बहुत उपयोगी ग्रन्थ है ।

कालिदास पर्यायकोश / त्रिभुवन नाथ शुक्ल-दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2008 (दो भागों में) ।

यह संस्कृत साहित्य का विषय शब्द कोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 2008 ई. में प्रकाशित हुआ है । संस्कृत साहित्य में पर्याय या समानार्थक शब्द एक से होते हुए भी उनकी अर्थच्छाइयों में सूक्ष्म अन्तर होता है । इन्हीं अन्तरों को दृष्टिगत करते हुए कालिदास के काव्यों में उनके द्वारा प्रयुक्त शब्दों तथा उनके पर्यायों को अकारादि क्रम से प्रस्तुत करते हुए उन शब्दों की व्युत्पत्ति, अर्थ, उद्धरण, सन्दर्भ तथा उद्धरणों का हिन्दी में अनुवाद आदि को इस कोश में प्रस्तुत किया गया है ।

इस कोश के प्रथम भाग में पदों की व्यवस्थापन हिन्दी वर्णमाला के प्रथम अक्षर 'अ' से प्रारम्भ होकर 'त्र' अक्षर से समाप्त हुआ है । इसमें रघुवंशम् के प्रत्येक वाक्यों को पहले संस्कृत में दिया गया है फिर उसका हिन्दी में अनुवाद किया गया है । इस प्रकार रघुवंशम् के कुल 291 शब्दों तथा 1343 पर्यायों को आकारादि क्रम से प्रस्तुत किया गया है ।

इसी प्रकार इस कोश के द्वितीय भाग को पुनः तीन खण्डों में संकलित किया गया है । प्रथम खण्ड में "कुमार सम्भवम्" द्वितीय खण्ड में "मेघदूतम" तथा तृतीय खण्ड में "ऋतु संहार" के पर्यायों का संकलन प्रस्तुत किया गया है । इस प्रकार द्वितीय भाग के प्रथम खण्ड में "कुमार सम्भवम्" के 151 शब्दों के कुल 660 पर्यायों का सन्दर्भ सहित विवेचन किया गया है । जबकि इसके द्वितीय खण्ड में "मेघदूतम" के 107 शब्दों 371 पर्यायों के साथ ही साथ तृतीय खण्ड में "ऋतुसंहार" के 85 शब्दों के 352 पर्यायों का आकारादि क्रम से सन्दर्भ एवं उद्धरण सहित विवेचन प्रस्तुत किया गया है । कालिदास के सम्पूर्ण काव्य साहित्य में कुल 634 शब्दों के 2726 पर्यायों का इसमें प्रयोग हुआ है ।

इस प्रकार यह शब्दकोश संस्कृत साहित्य के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, अध्यापकों एवं लेखकों के लिए एक बहुमूल्य सन्दर्भ कृति है ।

संस्कृत नाट्यकोश / राम सागर त्रिपाठी - दिल्ली : चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, 1997 (दो खण्डों में)

यह कोश संस्कृत साहित्य का एक विषय शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 1997 ई. में प्रकाशित हुआ है । इस शब्दकोश को दो खण्डों में प्रकाशित किया गया है। इसके प्रथम खण्ड में संस्कृत साहित्य से सम्बन्धित नाटकों के संकलन को प्रस्तुत किया गया है, जबकि इसके द्वितीय खण्ड का शीर्षक "शास्त्रीय पारिभाषिक शब्दावली कोश" है। इसमें नाटकों की नामावली को विषयानुसार वर्गीकृत रूप में प्रस्तुत की गयी है तथा इसके अन्त में शास्त्रीय सिद्धान्तों का परिशिष्ट में उल्लेख भी किया गया है ।

इस प्रकार यह कोश संस्कृत साहित्य के विद्यार्थियों के लिए बहुत अधिक उपयोगी है ।

बालमीकीय रामायण कोश-राम कुमार राय - वाराणसी : चौखम्बा संस्कृत भवन, 2007, 421 पृ. ।

प्रस्तुत ग्रन्थ में भगवान श्रीराम के अद्योपान्त जीवन से सम्बद्ध सम्पूर्ण घटना क्रम का विवरण संकलित है । इसके साथ ही साथ इसमें भगवान श्री राम के जीवन चरित्र के अतिरिक्त रामायण में आये अन्य सभी पात्रों के योगदानों एवं विभिन्न क्रिया-कलापों को भी सुन्दर ढंग से वर्णित किया गया है ।

प्रस्तुत कोश में बाल्मीकीय रामायण में आये नामों और विषयों की व्याख्यात्मक अनुक्रमणिका को प्रस्तुत किया गया है । इस कोश में मूलविषय के अन्तर्गत शब्दों का विन्यसन पृष्ठ संख्या 3 से लेकर 422 तक विन्यसित है, तदनन्तर तीन परिशिष्ट भी दिये गये हैं, जिनमें क्रमशः बाल्मीकी रामायण में निंकलने वाले पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों तथा अस्त्र-शस्त्रों के नाम और उनके एक-एक सन्दर्भ संकेत भी दिये गये हैं । इसमें शब्दों के अर्थों का विन्यसन वर्णानुक्रम में विन्यसित है।

इस प्रकार यह कोश संस्कृत साहित्य एवं रामायण साहित्य के अध्येताओं तथा जिज्ञासुओं के लिए उनकी सूचना आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है ।

Buddhist Hybrid Sanskrit Grammar and Dictionary / Franklin Edgertion.-London : Oxford University Press, 1953. (2 Vols.)

इस विशिष्ट शब्दकोश में बौद्ध धर्म के साथ ही साथ संस्कृत व्याकरण को भी सम्मिलित किया गया है । इस शब्दकोश को दो खण्डों में प्रकाशित किया गया है तथा इसकी भाषा अंग्रेजी है । इसके प्रथम खण्ड का शीर्षक "Grammar" है, जिसमें व्याकरण से सम्बन्धित विभिन्न विषयों का उल्लेख प्रस्तुत है । जबकि इसके दूसरे खण्ड का शीर्षक "Dictionary" है । इस द्वितीय खण्ड में पालि, अर्द्धमागधी, प्राकृत, अपभ्रंश और देशी शब्दों के अर्थ को अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया गया है । इसके साथ ही साथ इसमें मध्यम भारतीय शब्दों (Middle Indic Words) के आंशिक अनुक्रमणी का भी उल्लेख है ।

इस प्रकार यह विशिष्ट शब्दकोश प्राच्य विद्या के पाठकों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ कृति है।

संस्कृत सङ्गणक शब्दकोश (Sanskrit Dictionary of Computers) / Compiled by Srikantha Jamadagni; edited by Srinivas Varakhedi.-Hyderabad : Sanskrit Parishad, R.S.S., U. University, 2009.

यह शब्दकोश एक प्रकार से विषय से सम्बन्धित विशिष्ट शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 2009 ई. में प्रकाशित हुआ है । सम्भवतः यह अपने प्रकार का प्रथम विशिष्टशब्दकोश है जिसमें सङ्गणक (Computer) से सम्बन्धित लगभग दो हजार शब्दों को संस्कृत भाषा में रूपान्तरित किया गया है । इस शब्दकोश के प्रकाशन से संस्कृत माध्यम से अध्ययन, शोधकार्य एवं अध्यापन करनेवाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा अध्यापकों द्वारा कम्प्यूटर का अधिकाधिक प्रयोग में बहुत अधिक सहायता मिल सकती है।

प्राच्य विद्या तथा संस्कृत में ऐसे विशिष्ट शब्दकोशों की बहुत अधिक आवश्यकता है जिससे संस्कृत माध्यम से प्रद्यौगिकी, चिकित्सा विज्ञान तथा तकनीकी आधारित में नया परिवर्तन आ सके । यह शब्दकोश कम्प्यूटर में रूचि रखने वाले पाठकों के साथ-ही-साथ संस्कृत के पाठकों के लिए भी बहुत ही उपयोगी शब्दकोश है ।

मानस संख्यावाचक अन्त्याक्षरी कोश /कमता कमलेश - दिल्ली : प्रतिभा प्रकाशन, 2010 xvi, 72[illegible] पृ.

यह कोश भारत के विश्व प्रसिद्ध लोक ग्रन्थ रामचरित मानस पर आधारित है। इसमें रामचरित मानस में वर्णित समस्त चौपांई, दोहा, सोरठा, छन्द तथा श्लोक की गणना करके उन्हें अकारादि क्रम से व्यवस्थित किया गया है । इस प्रसिद्ध शब्दकोश का प्रथम संस्करण

2010 ई. में प्रकाशित हुआ है । इसके संकलन में कुल-728 पृष्ठों का उपयोग किया गया है ।

इस प्रकार यह ग्रन्थ पूरे विश्व में प्रथम संख्यावाची कोश है जो रामचरित मानस के शोधार्थियों, विद्वानों, प्रचारकों, कथावाचकों, मानस मर्मज्ञों तथा सन्तों के लिए अत्यन्त उपयोगी एवं सूचनाप्रद शब्दकोश है ।

वास्तुशब्दार्णव (वास्तु शब्दावली)/ सुरेन्द्र कुार पाण्डेय - इलाहाबाद : साहित्य भण्डार, 2007 140 पृ.

यह शब्दकोश वास्तुशास्त्र का एक नवीनतम विषय शब्दकोश है तथा इस शब्दकोश की मुख्य विशेषता यह है कि वास्तुशास्त्र में उल्लिखित व प्रतिपादित समस्त विधान व व्यवस्थाओं से सम्बन्धित सभी शब्दों / पदों का हिन्दी एवं संस्कृत से अंग्रेजी में रूपान्तर प्रस्तुत है । इसके साथ ही साथ बीच-बीच में आवश्यकतानुसार मूल सन्दर्भ एवं श्लोकों का भी वर्णन प्रस्तुत किया है।

वास्तुशास्त्र में अनेक ऐसे शब्द हैं जिनका हिन्दी व अंग्रेजी दोनों के ज्ञान के बिना वास्तु की पुरी समझ नहीं हो पाती । इस दृष्टिकोण से यह वास्तुशब्दार्णव शब्दकोश बहुत ही उपयोगी है । आज वास्तु विद्या के प्रति जनमानस में जो रूचि दिखाई पड़ती है । ऐसी परिस्थिति में वास्तु विद्या का शास्त्र सम्मत ज्ञान नितांत अपेक्षित है ।

अतः इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत कोश में लगभगं 2000 वास्तु शास्त्र के शब्दों की अर्थ एवं व्याख्या प्रस्तुत की गयी है जिससे वास्तु विद्या में रूचि रखने वाले उपयोक्तओं के लिये यह एक अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ है।

पालि एवं प्राकृत भाषा के शब्दकोश : संस्कृत की भांति ही पालि एवं प्राकृत भाषा भी अतिप्राचीन भारतीय भाषाएँ हैं, परन्तु संस्कृत भाषा की तुलना में पालि एवं प्रकाृत भाषा में निघण्टु, निरूक्त तथा अमरकोष जैसे महत्वपूर्ण शब्दकोशों का प्रारम्भ से ही अभाव रहा है । पालि एवं प्राकृत भाषा एवं साहित्य में रूचि रखने वाले कुछ आधुनिक विद्वानों, लेखकों तथा कोश रचनाकारों ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान किया है, जिनका विवरण निम्नवत है–

7. पालिभाषा के शब्दकोश–

1. Pali glossary including the words of all Pali reader and of the Dhammapad / Andersen, Dines, comp.-London : Luzac, 1901. 2 vols.
2. Levi, Sylvain and others, ed.
   Hobogirin dictionnaire encyclopedique du Buddhisme dapres, les sources Chinoises et Japonaises. Tokyo, Maisen Franco-Japonaise, 1929. iv; 2002 p.

3. Popular Dictionary of Buddhism / Christmas. Humphreys.London : Arco Publication, 1962. 224 p.
4. Pali Dictionary / Vimal Chandra Loha. London : Pali text Society, [ ].
5. Dictionary of Pali Proper Names / G.P. Malalasekhara.-London : Indian Text Series, 1937-38. 2 Vols.
6. Word Index of abhidharam Kosha / S. Pradhan; Compilor.-Delhi : Indian Books Centre, 2007.
7. Dictionary of Buddhist Proper Names / Chizen Akanuma - Delhi : Indian Book Centre, 2007.
8. Historical Dictionary of Buddhism /Charles S. Prebish. - Delhi : Indian Books Centre, 2007.
9. Buddhist Hybrid SanskritGrammar and Dictionary / Franklin Edgertion. - London : Oxford University Press, 1953. 2 Vols.
10. Vinaya Koshaya; Pali - Sihnalese / Morastuve Susanrastna Thero.- Panadure : M.F.C. Perera, 1958. (Two Vols.)
11. Pali Engish Dictionary / T.W. Rhys. Davids.-
12. English - Pali Dictionary / A.P. Buddhadatta Mahathera.-
13. पालि कोश संगहो एकक्खर कोश ।
    बी.सी. जैन - नागपुर : आलोक प्रकाशन।
14. धम्मपदकोश (पालि-संस्कृति-हिन्दी) ।
    श्रीकच्छेदी लाल गुप्त - वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, 2009 ।
15. पालि -हिन्दी शब्दकोश / भ. आ. कौसल्यायन - दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, ।
16. पालितिपिटक सद्दानुक्कमणिका - वाराणसी : सम्पूर्णा नन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, 2006 (दो भागों में)
17. Mahav yutpatti /.E.P. Menaefv; Editor.-St. Peterburg, 1910. 272 p.
18. Popular Dictionary of Buddhism /Humphrays, Christmas . - London : Arco Publications, 1962. 224 p.

8. प्राकृत भाषा के शब्द कोश-

पाइअ - लच्छीनाम माला। धनपाल; बैचरदास जीवराज दोशी, सम्पादक- मुम्बईः शादी लाल जैन, 1960, 122 पृ.

प्रस्तुत कोश प्राकृत भाषा में धनपाल द्वारा रचित यह प्रथम स्वतन्त्र शब्दकोश के रूप में उपलब्ध होता है । इस प्रसिद्ध कोश का संकलन संवत 1029 में धनपाल द्वारा की गयी थी । इस कोश की रचना में निघण्टु एवं अमरकोष की पद्धति का अनुसरण किया गया है । इस शब्दकोश में कुल 279 गाथाएँ है। प्रथम गाथा में मंगला चरण तथा कोश

के अन्त के चार गाथाओं में कोश रचनाकार ने स्वपरिचय दिया है तथा शेष 274 गाथाओं में कुल 998 शब्दों के पर्यायवाची शब्दों का संकलन है ।

यह कोश प्राकृत भाषा की एक मानक कृति के साथ ही साथ संस्कृत एवं भाषा विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी शब्दकोश है ।

देशीनाम माला शब्द कोश/आचार्य हेमचन्द्र ।

प्रस्तुत शब्दकोश की रचना आचार्य हेमचन्द्र ने प्राकृत भाषा के व्याकरण की पूर्ति के लिये किया है । प्राकृत भाषा में तीन प्रकार के शब्द प्रचलित हैं। देशी नाम माला के अन्तर्गत संकलित शब्दों से स्पष्ट होता है कि इसमें संकलित सभी शब्द देशी नहीं है। इस शब्दकोश में कुल शब्दों की संख्या 3978 हैं, जिसमें तत्सम 100, संशययुक्त तद्भव 528, गर्भित तद्भव 1850 तथा अव्युत्पादित शब्द 1500 हैं। इसमें मूलपाठ अपभ्रंश गाथा छन्द में निबद्ध है। देशी शब्दों के बाद गाथाओं में ही उनके पर्याय दे दिये गये हैं।

देशी शब्दों के स्पष्टीकरण के लिए स्वरचित उदाहरण गाथाएँ भी उद्धृत हैं। गाथा, संस्कृत टीका और उदाहरण देशी नाममाला का मूल स्वरूप है। यह शब्दकोश आठ वर्गों में विभक्त है । इसमें कुल 783 गाथाएँ निबद्ध हं। शब्दों का विन्यसन वर्णानुक्रम में किया गया है । वर्ग के आरम्भ में द्वय अक्षर -उसके बाद त्रय अक्षर, चतुरक्षर, पंचाक्षर शब्दक्रम से आठ अक्षरों तक के शब्दों का निर्देश है ।

इस प्रकार यह शब्दकोश आधुनिक भारतीय भाषाओं के साथ ही साथ प्राचीन भारतीय भाषाओं के वैज्ञानिक अध्ययन में बहुत उपयोगी है । इसमें संकलित कुछ शब्द कौल, संथाल, मुण्डा, द्रविड़ आदि भाषाओं में भी मिलते हैं ।

पाइअ-सद्द-महण्णवो । हरगोविन्ददास विक्रमचन्द्र सेठ; वासुदेवशरण अग्रवाल एवं दलसुख भाई मालवणिया; सम्पादक-वाराणसी : प्राकृत ग्रन्थपरिषद, 1963. 952,64 पृ.

प्रस्तुत शब्दकोश की रचना कलकत्ता विश्व विद्यालय के प्राध्यापक पं. हरगोविन्ददास विक्रमचन्द्र सेठ ने किया है । इस कोश के सम्पादन का कार्य वासुदेवशरण अग्रवाल एवं दलसुख भाई मालवणिया के सहयोग से पूर्ण किया गया है । इस शब्दकोश में एक 50 पृष्ठ की भूमिका प्रस्तुत की गयी है जो प्राकृत साहित्य के अध्येताओं के लिए बहुत उपयोगी स्रोत है। इस कोश के निर्माण में संकलनकर्ता ने स्वेताम्बर सम्प्रदाय से सम्बन्धित 300 ग्रन्थों का उपयोग किया है ।

इस शब्दकोश की कई महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं जो कि इस प्रकार निम्नलिखित हैं– पहला यह कि प्राकृत साहित्य के एक पूर्व शब्दकोश "अभिधान राजेन्द्र शब्दकोश के कमियों को पूरा करने का प्रयास किया गया है । प्रत्येक शब्द के साथ किसी न किसी ग्रन्थ का प्रमाण दिया गया है । एक शब्द के संभावित अनेक अर्थों का निर्देश किया गया है तथा संदिग्ध पाठ को कोष्ठक में प्रश्न चिह्न के साथ प्रस्तुति दी गयी है ।

प्राकृत साहित्य के विद्यार्थियों के लिए यह कृति अत्यन्त उपयोगी एवं सूचना प्रद शब्दकोश है ।

अभिधान राजेन्द्र कोश

प्रस्तुत कोश जैन दर्शन के परिभाषिक शब्दों के व्याख्या के लिए एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है । इस ग्रन्थ के रचनाकार श्री विजयराजेन्द्र सुरीश्वर ने इस कोश में प्रमाण और उद्धरणों से पुष्ट न केवल सारे शब्दों को संकलित किया है, बल्कि शब्दों से परे जो विचार विश्वास और अनुश्रुतियाँ हैं, उनका भी समावेश किया है ।

इसका प्रथम प्रकाशन मध्य प्रदेश के रतलाम नगर में हुआ । यह महाकोश सात भागों में विभाजित है। इन सात भागों का प्रकाशन ई. सन् 1910 से आरम्भ होकर ई. सन् 1925 में पूर्ण हुआ ।

इस प्रकार यह कोश प्राकृत एवं जैन दर्शन के अध्येताओं तथा शोधार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी ग्रन्थ है ।

जैन कक्को

यह एक द्विभाषिक कोश है । इसमें प्राकृत शब्दों का गुजराती में अनुवाद किया गया है । ई. सन् 1812 में अहमदाबाद से इस कोश को प्रकाशित किया गया था । इसके रचनाकार श्री बल्लभी 'छगन लाल है ।

अर्धमागधी कोश

लोम्बाड़ा सम्प्रदाय के स्थानक वासी साधु मुनि रत्नचन्द्र इस कोश के रचनाकार हैं। इस कोश का प्रथम प्रकाशन गुजराती में हुआ था । आगे चलकर इसका हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तर भी प्रकाशित हुआ । यह कोश कुल पाँच भागों में विभाजित है तथा लगभग 4500 पृष्ठों में संकलित हैं । इसके प्रथम भाग का प्रकाशन, ई. सन् 1923 में, द्वितीय-1927, तृतीय - 1929, चतुर्थ-1932 तथा पंचम - 1938 में किया गया।

इस प्रकार यह पंचमाषाकोश है । प्राकृत के शब्द संस्कृत, गुजराती, हिन्दी वं अंग्रेजी भाषाओं में रूपांतरित किये गये हैं।

प्राकृत-हिन्दी कोश

प्राकृत एवं भारतीय भाषाओं के अग्रणी विद्वान डा. के आर. चन्द्र ने मूल 'पाइयसद्द महण्णवो' का संक्षिप्त और लघुकार आकार में प्राकृत-हिन्दी कोश का सम्पादन किया जिसका प्रकाशन जैनविकास फण्ड, अहमदाबाद से ई. सन् 1987 में हुआ ।

प्रस्तुत कोश प्राकृत भाषा के प्राथमिक विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। इसमें आकारादि क्रम से शब्दों की संयोज़ना की गयी है । प्राकृत शब्दों के बाद लिंग निर्देश, कोष्ठक में संस्कृत रूप तदन्तर उनके हिन्दी में अर्थ बताये गये हैं। इसमें एक शब्द के साथ

सम्भावित अन्य शब्दों को जोड़कर अर्थ निरूपण किया गया है । यह कोश कुल 980 पृष्ठों में संकलित है तथा प्राकृत के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है।

एकार्थक कोश

प्रस्तुत कोश ग्रन्थ समणी कुसुम प्रज्ञा द्वारा सम्पादित है तथा इसका प्रकाशन जैन विश्वभारती द्वारा सन् 1984 में किया गया । यह कोश गद्य-पद्य मिश्रित रूपों में संकलित है। यह कोश ग्रन्थ कुल 41+396 पृष्ठों में संकलित है । प्रारम्भिक 41 पृष्ठों में स्तकथ्य, पुरोवचन प्रस्तुति, ग्रन्थ संकेत सूची आदि विन्यस्त है । इसमें मूल 1417 तथा लगभग 200 आवान्तर एकार्थक शब्दों (1700) का संकलन किया गया है । इसके अन्त में तीन परिशिष्ट है। प्रथम परिशिष्ट में प्रयुक्त शब्दों की आकारादि क्रम से सूची दी गयी है, जबकि द्वितीय परिशिष्ट में एकार्थक शब्दों का टिप्पण एवं प्रमाम वर्णित है । तृतीय परिशिष्ट में आकारादि क्रम से धातुओं के साथ संस्कृत में उनके अर्थों का निरूपण किया गया है । इसमें शब्दों का संकलन अर्धमागधी आगम एवं टीका साहित्य से किया गया है । जैन पारिभाषिक शब्दों के ज्ञान के लिए यह कोश बहुत उपयोगी है ।

देशी शब्द कोश

प्रस्तुत कोश का सम्पादन आचार्य श्री महाप्रज्ञ द्वारा किया गया है तथा जैन विश्व-भारती द्वारा सन् 1988 में प्रकाशित किया गया है । आचार्य हेम चन्द्र के देशी नाममाला के बाद देशी शब्दों के अर्थ ज्ञान के लिए यह कोश सबसे महत्वपूर्ण कृति है ।

यह कोश ग्रन्थ कुल 66+570 पृष्ठों में विन्यसित है । शुरू के 66 पृष्ठों में आर्शिवचन, पुरोवाक् भूमि का एवं सम्पादकीय है, जबकि शेष 439 पृष्ठों में ग्रन्थ का मूल विषय संकलित है ।

इस कोश में कुल 10000 संसन्दर्भ देशी शब्दों का संग्रह तथा 3381 आगमेत्तर प्राकृत एवं अपभ्रंश ग्रन्थों के तथा 1745 धातुएँ संकलित है । इस प्रकार इसमें कुल 15126 शब्दों का संकलन दर्ज है ।

निरुक्त कोश

प्रस्तुत कोश का प्रकाशन सन् 1984 में जैन विश्वभारती द्वारा सम्पन्न हुआ । यह कोश लगभग चार सौ पृष्ठों में संकलित है । इसमें प्रारम्भ से 30 पृष्ठों तक प्राक्कथन आदि तथा शेष 368 पृष्ठों में मूल ग्रन्थ एवं शुद्धा सुद्धि पत्रों का विवरण है । प्राक्कथन में डा. नथमल टाटिया द्वारा निरूक्त सिद्धान्त का विवेचन एवं प्रस्तुति तथा साध्वी द्वय श्री सिद्ध प्रज्ञा एवं साध्वी श्री निर्वाण श्री द्वारा निरूक्त के स्वरूप एवं प्रकारादि पर प्रकाश डाला गया है।

मूल ग्रन्थ में प्राकृत शब्दों के बाद कोष्ठक में संस्कृत रूप देकर संस्कृत या प्राकृत में निर्वचन प्रस्तुत किया गया है । इसमें निहित निर्वचन के हिन्दी अनुवाद भी उपलब्ध है।

इस प्रकार यह कोश प्राकृत के विद्यार्थियों के साथ ही साथ शोधार्थियों के लिए भी बहुत उपयोगी है ।

कुन्द-कुन्द शब्द कोश

सुखाडिया विश्व विद्यालय, उदयपुर के प्राकृत एवं जैन विद्या विभाग के प्राध्यापक डा. उदयचन्द्र जैन ने आचार्य कुन्द-कुन्द के वाङ्मय को आधार बनाकर एक लघुकाय कुन्द-कुन्द शब्दकोश का निर्माण किया, जिसका प्रकाशन श्री दिगम्बर जैन संरक्षण समिति, विवेक विहार, दिल्ली द्वारा सन् 1991 में किया गया ।

कुन्द-कुन्द शब्द कोश साहित्य के अध्येताओं के लिए बहुत उपयोगी सन्दर्भ स्रोत हैं। इसमें यथास्थान कुन्द-कुन्द साहित्य में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या भी दी गयी है ।

प्राकृतरूप रचना कोश / हरिशंकर पाण्डेय. दिल्ली : न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन, 2001, 319 पृ.

प्रस्तुत कोश 'प्राकृत रूप रचना कोश' प्राकृत साहित्य में डा. हरिशंकर पाण्डेय का एक महत्वपूर्ण योगदान है । इसमें आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण में निर्दिष्ट उदाहरणों को आधार बनाया गया है । इसमें वर्णित शब्दों के मूल प्राकृत रूप, संस्कृत रूप-कोष्ठक में तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी कोशगत अर्थ के बाद आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण के नियमों के अनुसार साधविका भी दी गयी है ।

इस कोश में प्रारम्भ के XXI पृष्ठों में भूमिका एवं प्रक्कथनादि का वर्णन है, जबकि मूलग्रन्थ को वर्णानुक्रम में 317 पृष्ठों में विन्यसित किया गया है तथा पृष्ठ संख्या 318 से 319 तक पर सन्दर्भ ग्रन्थ सूची का संकेत है । इस प्रकार यह कोश प्राकृत विद्या एवं प्राच्य विद्या के विद्यार्थियों, शोध-कर्त्ताओं एवं अध्यापकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण उपयोगी सन्दर्भ स्रोत है ।

❑❑

चतुर्थ अध्याय

विश्वकोश

(Encyclopaedia)

1. भूमिका एवं अर्थ-

एनसाइक्लोपिडिया (Encyclopaedia) ग्रीक भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है ज्ञान चक्र या ज्ञान के भण्डार का एकत्रिकरण। पश्चिमी जगत में विश्वकोश के अवधारणा की कल्पना अरस्तु के काल से मानी जाती है जबकि भारत में इसकी कल्पना बहुत पहले की जा चुकी थी । इस प्रसंग में श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा सम्पादित ग्रन्थ "संस्कृत वाङ्मय-कोश" के प्रथम खण्ड में वाङ्मुख के प्रथम पृष्ठ पर जो साक्ष्य अंकित है वह इस प्रकार निम्न है-

"संस्कृत वाङ्मय में विश्वकोश अथवा ज्ञानकोश की रचनात्मक प्रक्रिया का प्रथम-प्रयास महर्षि कश्यप का निघण्टु एवं यास्काचार्य का निरूक्त सम्भवतःइस दिशा में पहला कदम था । आदि शंकराचार्य छान्दोग्य उपनिषद के भाष्य में नारद और सनतकुमार के प्रसंग में नारद द्वारा उल्लिखित अनेक विद्याओं में से एक देव विद्या की व्याख्या करते हुए उसको निरुक्त की संज्ञा देते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि विश्वकोश या ज्ञान कोश की भावना के प्रथम प्रवर्तक नारद ही थे जो कि वेद, पुराण, कल्प, शस्त्र विद्या आदि ज्ञान की विभिन्न शाखाओं में अपने को पारंगत मानते थे ।"

अतः वैदिक वाङ्मय में विश्वकोश की अवधारणा अति प्राचीन-प्रतीत होता है। परन्तु आधुनिक विश्वकोशों के निर्माण का युग 19वीं सदी से माना जाता है जिसमें विश्व के अनेक देशों में सामान्य एवं विषयगत विश्वकोशों का प्रकाशन तिव्रगति से होना प्रारम्भ हुआ । इसमें अमेरिका, फ्रांस, इंग्लैण्ड, तथा जर्मनी आदि अनेक देशों ने सक्रिय योगदान देकर अनेक महत्वपूर्ण विश्वकोशों का निर्माण किया । अतः भारत में भी इसका प्रभाव पड़ा जिसके फलस्वरूप आधुनिक पद्धति पर आधारित विश्वकोश निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। सर्व प्रथम संस्कृत भाषा में "वाचस्पत्यम्" (1823) तथा शब्द कल्पद्रुम (1828-58) नामक दो कोश ग्रन्थ अपनी दृष्टि में शब्दकोश और विश्वकोश दोनों तत्वों को साथ लेकर रूपायित हुए हैं। साहित्य व्याकरण, ज्योतिष तन्त्र, दर्शन, संगति, काव्य शास्त्र, इतिहास, चिकित्सा आदि अनेक विषयों का सूचनात्मक लेखों का संग्रह इन दोनों विश्वकोशों

में संग्रहित है । इस प्रकार भारत में आधुनिक विश्वकोशों की संकलन प्रक्रिया में इन दो कृतियों के संकलनकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान किया है । तदनन्तर कुछ पाश्चात्य तथा प्राच्य विद्वानों इस नूतन परम्परा को आगे बढ़ाया ।

अंग्रेजी में "इनसाइक्लोपिडिया अमरीकाना" (1829-33) आदि विश्वकोशों के स्वरूप के अनुरूप भारतीय भाषाओं में साहित्यिक तथा साहित्येत्तर विश्वकोश धीरे-धीरे र्निमत होना प्रारम्भ हुआ । इस परिपेक्ष्य में विश्वबन्धु शास्त्री का वैदिक शब्दार्थ पारिजात (1929) प्रथमतः उल्लेखनीय कृति है । इसके अतिरिक्त उन्होंने "वैदिक पदानुक्रमकोश" (सात खण्डीय), ब्राह्मणोद्धारकोश, "उपनिषदोहदारकोश" आदि की भी रचना की जो संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के महत्वपूर्ण विश्वकोश के लक्षणों से युगपत अभिलक्षित है ।

भारत की स्वाधीनता के पश्चात् लगभग सभी भारतीय भाषाओं में आधुनिक ज्ञान-विज्ञान से सम्बन्धित विभिन्न-विश्वकोशों की रचना हुई । परन्तु संस्कृत एवं प्राच्य विद्या में विश्वकोश की इस अखिल भारतीय चिन्तन धारा में कोई विशेष एवं उल्लेखनीय प्रयास नहीं हुआ । इस कमी को श्रीधर भास्कर वर्णेकर ने "संस्कृत वाङ्मय कोश" के रूप में एक महत्वपूर्ण विश्वकोश की रचना की जो संस्कृत के अध्येताओं के लिए एक बहुमूल्य कृति है । सामान्य शब्दों में विश्वकोश का अभिप्राय ऐसे ग्रन्थ से है जिसमें सभी विषयों से सम्बन्धित उपयोगी सूचना या किसी विशिष्ट विषय से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन किया रहता है । विश्वकोश की निर्माण प्रक्रिया में अनेक विद्वानों, लेखकों व सम्पादकों का सामूहिक योगदान निहित रहता है, क्योंकि इनकी रचना सभी श्रेणी के पाठकों की सूचना आवश्यकता को ध्यान में रखकर की जाती है । जो बहुत ही श्रमपूर्ण एवं व्यव साध्य कार्य है ।

2. परिभाषाएँ-

विश्वकोश वह कृति है जो सम्पूर्ण संग्रहित ज्ञान भण्डार को सुसंगठित रूप एवं क्रमबद्ध अवस्था में प्रस्तुत करता है जिससे सभी श्रेणी के पाठक अपने रूचि के अनुरूप विषय से सम्बन्धित अद्यतन ज्ञान प्राप्त करते हैं । ए.एल.ए. ग्लोसरी ऑफ लाइब्रेरी टर्म्स के अनुसार, "विश्वकोश वह साहित्य है जिसमें ज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में सम्बन्धित विषयों पर वर्णानुक्रम या किसी अन्यक्रम में सूचनात्मक लेखों का संग्रह व्यवस्थित रहते हैं या किसी विशिष्ट विषय से सम्बन्धित उपयोगी सूचनाओं की संग्रह है ।"

मानविकी परिभाषाकोश के अनुसार, विश्वकोश वह कृति है जो ज्ञान की सभी शाखाओं के विषय में सूचना दे । अर्थात् जिस ग्रन्थ में किसी एक विषय की सम्पूर्ण सूचना वर्णानुक्रम में दी हुई रहती है उसे विश्वकोश कहते हैं ।"

लुइस शोर्स के अनुसार-"विश्वकोश सन्दर्भ स्रोतों की प्रमुख कृति है । यह मानव जाति के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान का केवल साररूप नहीं है, बल्कि मौलिक सन्दर्भ स्रोतों में अनुसृत रचना की परिकल्पना का सर्वस्व है।"

3. प्रकार-

इसमें संग्रहित सूचनाओं के आधार पर विश्वकशोंको दो भागो में विभाजित किया जा सकता है । 1. सामान्य विश्वकोश एवं 2. विशिष्टया विषयगत विश्वकोश । विलियम ए. काट्ज महोदय ने विशिष्ट विश्वकोशों को विषय विश्वकोश की संज्ञा दी है तथा विषय विश्वकोश की संज्ञा दी है तथा विषय विश्वकोश को पुनः दो भागों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे कोश रूप एवं सर्वेक्षणात्मक रूप । इसीप्रकार भौतिक स्वरूप के आधार पर भी विश्वकोश को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे–

1. बच्चों एवं वयस्क के विश्वकोश, एवं
2. खण्डों के आधार पर विश्वकोश जैसे एक खण्डीय एवं बहुखण्डीय विश्वकोश।

4. उपयोगिता एवं महत्व-

1. विषय के सम्बन्ध में प्रश्नों की जानकारी प्राप्त होती है ।
2. विभिन्न विषय के सामान्य ज्ञान के अतिरिक्त अन्य आवश्यक सूचनाओं जैसे आँकड़ों, वर्ष तथा नामों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।
3. विश्वकोशों के माध्यम से प्रमुख व्यक्तियों के जीवन चरित्र के विषय में ज्ञान प्राप्त की जा सकती है ।
4. विश्वकोश में जिन लेखों का संग्रह दिया रहता है उनके प्रमाण हेतु लेख के अन्त में पुस्तक सूची दी हुई होती है जो पाठकों के लिए मार्ग निर्देशन का कार्य करती है ।

अत विश्वकोश की मात्र ऐसी कृति है जिसमें वांछित सूचनाओं के साथ ही साथ सन्दर्भ प्रश्नों के उत्तर भी आसानी से प्राप्त किये जा सकते हैं ।

5. विशेषताएँ-

1. यह ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचना सामग्रियों का प्रमाणिक एवं अद्यतन स्रोत है तथा इसका क्षेत्र एक राष्ट्र में सीमित न होकर पुरा विश्व होता है।
2. इसमें ज्ञान से सम्बन्धित सभी शाखाओं की सूचनाओं को व्यवस्थित तथा साररूप में संकलित रहता है ।
3. पाठकों की श्रेणी एवं विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के विश्वकोश उपलब्ध हैं।
4. कुछ विश्वकोशों में सूचनाएँ लम्बे लम्बे लेखों के रूप में जबकि कुछ में छोटे-छोटे लेखों द्वारा सूचनाएँ संकलित रहती है।
5. इसमें विविध विषयों के ऐतिहासिक सूचनाओं के वर्णन के साथ ही साथ वर्तमान स्थिति, विवरण एवं व्याख्या, सम्बन्धित विद्वानों का संक्षिप्त जीवनी एवं इसके

प्रकाशन वर्ष तक के विषय से सम्बन्धित महत्वपूर्ण आँकड़े आदि प्रस्तुत किये रहते हैं ।

6. समस्याएँ-

1. समय के साथ-साथ विश्वकोश पुराने हो जाते हैं ।
2. इनको अद्यतन बनाये रखने के लिए नये-नये संस्करण निकालने पड़ते हैं जिसमें बहुत अधिक श्रम एवं धन की आवश्यकता होती है।
3. विश्वकोश को अद्यतन रखने हेतु पूरक अथवा वार्षिकी भी प्रकाशित करनी पड़ती है जो बहुत खर्चीला है ।
4. कुछ कुछ विश्वकोशों का किसी विषयक्षेत्र या किसी एक देश के प्रति झुकाव होता है, वह उचित नहीं है ।

7. मूल्यांकन-

सभी श्रेणी की ग्रन्थालयों में सन्दर्भ स्रोतों के रूप में विश्वकोशों का अधिकाधिक उपयोग किया जाता है। अतः ग्रन्थालयी को शुद्ध एवं त्रुटि रहित प्रकाशित विश्वकोशों के चयन और उनके अधिग्रहण में कुछ सावधानी अवश्य रखनी चाहिए । क्योंकि कोई भी ग्रन्थालय के पास इतना धनराशि नहीं होता कि सारे प्रकाशित विश्वकोशों को उनके द्वारा क्रय किया जा सके । इसलिए ग्रन्थालयी एवं ग्रन्थ चयन समिति द्वारा कोई भी विश्वकोश क्रय करने से पूर्व कुछ मूल्यांकन कर लेना चाहिए ।

सामान्य एवं विशिष्ट विश्वकोशों का मूल्यांकन निम्नलिखित जाँच विन्दुओं के आधार पर किया जा सकता है–

1. प्रमाणिकता
2. विषय क्षेत्र
3. प्रणयन
4. व्यवस्थापन
5. भौतिक स्वरूप
6. संशोधन
7. सीमाएँ
8. विशिष्ट विशेषताएँ

उपर्युक्त तथ्यों के आधार यह पता लगाया जा सकता है कि कौन सा विश्वकोश किस प्रकार के ग्रन्थालयों में अधिग्रहण के योग्य है अथवा नहीं । प्रस्तुत अध्याय में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित विषय विश्वकोशों पर प्रकाश डाला गया है, क्योंकि सामान्य विश्वकोशों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण सन्दर्भ सेवा एवं सूचना स्रोत के कई ग्रन्थों में पाये जा सकते हैं, जबकि संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विषयगत विश्वकोशों का विस्तृत विवरण

का उल्लेख नहीं किया गया होता है । इसीलिए संस्कृत एवं प्राच्य विद्या में रूचि रखने वाले उपयोक्तओं की सूचना आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इन विशिष्ट विश्वकोशों के सम्बन्ध में उन्हें अवगत कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

8. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विषयगत विश्वकोशों के कुछ प्रमुख उदाहरण—

1. वाचस्पत्यम् / तारानाथ भट्टाचार्य, सम्पादक - वाराणसी : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, 1962 (छः भागों में)
2. शब्दकल्पद्रुम / राधाकान्त देव.- वाराणसी : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, 1967 (पाँच भागों में)।
3. विज्ञान सर्वस्वम् / तेलुगु भाषा समिति - आंध्र प्रदेश, 1967-75 (16 खण्डों में)।
4. विश्वविज्ञान कोशम् /साहित्य प्रवर्तक सहकार समिति : कोट्टायम : केरल.- 1970 ।
5. हिन्दी विश्वकोश / राम प्रसाद त्रिपाठी; सम्पादक.-वाराणसी : नागरी प्राचरिणी सभा, 1960-1970 (बारह खण्डों में) ।
6. हिन्दी विश्वकोश /नागेन्द्र नाथ वसु; सम्पादक दिल्ली : बी. आर. पब्लिशिंग कारपोरेशन, 1987. (पचीस खण्डों में) ।
7. हिन्दी विज्ञान संहिता / एम. सत्यनारायण; सम्पादक - मद्रास हिन्दी विकास समिति, (बारह खण्डों में) ।
8. हिन्दी विश्वभारती : ज्ञान-विज्ञान का प्रमाणिक विश्वकोश / कृष्ण बल्लभ द्विवेदी; सम्पादक - लखनऊ : हिन्दी विश्वभारती ।
9. संस्कृत वाङ्मय कोश / श्रीधर भास्कर वर्णेकर; सम्पादक - कोलकता : भारतीय भाषा परिषद्, 1988 (तीन खण्ड) ।
10. विश्व संस्कृत सूक्ति कोश / ललित प्रभ सागर :- मथुरा : भाषा भवन, 2000 (तीन खण्ड) ।
11. बृहद् विश्व सूक्ति कोश (Encyclopaedia of Quotations) / श्याम बहादुर वर्मा - नई दिल्ली : प्रभात प्रकाशन, 2000. (तीन खण्ड) ।
12. भारतकोश / बंगीय साहित्य परिषद् - कोलकता : बंगीय साहित्य परिषद, 1973 (पाँच खण्डों में) ।
13. बांगला विश्वकोश / सं. भट्टाचार्य - कलकत्ता : (सात खण्ड में)।
14. भगवद-गोमण्डल - बृहत् गुजराती विश्वकोश / राजकोट : प्रवीन प्रकाशन, 1944-55 (नौ खण्डों में) ।

15. शिक्षा दर्शन और मनोविज्ञान का विश्वकोश / मधुसूदन त्रिपाठी - दिल्ली : ओमेगा पब्लिकेशन्स, 2007 268 पृ.
16. Encyclopaedia of Religion and Ethics / James Hastings; Editor - Edinburgh : T.& T. Clark, 1908. (Twelve Vols. + Index)
17. Encyclopaedia of Religion / Maurice A. Canney - Delhi : Nag Publishers, 1976, 397 p.
18. Encyclopaedia of Philosophy / George Wilhelm Friedirich Hegel; tr. by Gustav Emi Muller - New York : Philosophical Library, 1959. 287 p.
19. The Encyclopaedia of Philosophy / Paul Edwards; Editor -New York: Macmillan Conpany and the Free Press, 1967. (Eight Volumes).
20. Encyclopaedia of Indian Philosophy / Karl H. Porter; Editor - Delhi : Motilal Banarasidas, 1977. (Five volumes).
21. Encyclopaedia of Indian Philosophy / Subodh Kapoor; Editor.- New Delhi : Cosmo Publications, 2002. (Nine Vols.)
22. Encylopaedia of Indian Philosophy / Vraj Kumar Panday - New Delhi : Anmol Publications, 2007. (Two Vols.)
23. Encyclopaedia of Vedic Philosophy / Subodh Kapoor, Editor - New Delhi : Cosmo Publications, 2002. 275 o.p.
24. Encyclopaedia of Vedic Philosophy / P.R.P. Sharma - New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd., 2007. 312 P.
25. Encyclopaedia of Vedanta Philosophy / Subdh Kapoor; Editor-New Delhi : Cosmo Publications, 2002. 1650 p.
26. Encyclopaedia of Vedanta / P.R.P. Sharma - New Delhi : Anmol Publications, 2007. 324 p.
27. Encyclopaedia of Hindu Philosophy / Subodh Kapoor, Editor - New Delhi : Cosmo Publications, 2002. 587 P.
28. Encyclopaedia of Upanishad and its Philosophy / Subodh Kapoor; Editor- New Delhi : Cosmo Publications, 2002 (Five volumes).
29. Encyclopaedia of Upnaishads / Ravi Narayan Pandey - New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd., 2007. 336 p.
30. Encyclopaedia of Vedas / P.R.P. Sharma - New Delhi : Anmol Publications, Pvt. Ltd., 2007. 264 p.
31. Puranic Encyclopaedia / Vettan Muni - Varanasi : Indological Publications, 1998.
32. Encyclopaedia of Tantra /Sadhu Shantidev.- New Delhi : Cosmo Publications, 1999. (Five Volumes).
33. Encyclopaedia of Indian Ocultism / Lewis Spence -New York : State home press, 1959. 24, 44 op.
34. Encyclopaedia of Indians Mythology / Swami Ram Shanker Das.- New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd., 2007. vii; 356 p.

35. Encyclopaedia of Indian Music / Krishnananda Vyasadeva Ragsagar - Delhi : Pratibha Prakasahan, 2008 (Two Volumes)
36. Encyclopaedia of Indian Erotics / Ram Kumar Rai - Varanasi : Prachya Prakashan, 1998.
37. Encyclopaedia of Astrology / Nicolas de Vore - New York : Philosophical Library, 1947. Xii; 435 p.
38. Combridge Encyclopaedia of Astronomy / CambindgeUniversity-Cambridge University Press, 1977, 481 p.
39. Encylopaedia of Indian Literature / Sahitya Academy - New Delhi : Sahitya Academy, 1988.
40. Encyclopaedia of Sanskrit Literature / Mamta Pandey - New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd. 2008. (Two Volumes).
41. Encyclopaedia of India / Calcutta . 1906.
42. Geographical Encyclopaedia of Ancient and Medieval India / K.D. Bajpai-Varanasi : Iogical Publications, 1998.
43. Encyclopaedia of Quototions / Shyam Bahadur Verma.-New Delhi : Prabhat Prakashan, 2000. (Tree Volumes).
44. Encyclopaedia of Yoga / Ram Kumar Rai - Varanasi : Prachya Prakashan, 1998.
45. Encyclopaedia of Sects and Religious Doctorines.
46. Encyclopaedia of Educational Philosophy /Prem chand Yogi-New Delhi : Crescent Publishing Corporation, 2008 (Five volumes).
47. Linguistic Survey of India / G.A. Grierson;' Camp.-Calcutta : Govt. Printing Press, 1903-1928. (Eleven Volumes).
48. Encyclopaedia of Buddhism /G.P. Malasekhera; Editor- Ceylon : Govt. Press, 1960. 152 p.
49. Encyclopaedia of Buddhist Tantra /Shiv Shankar Tiwary - New Delhi: Anmol Publications Pvt. Ltd., 2009. 305 p.
50. Encyclopaedia of Buddhist Art and Architecture / Shiv Shankar Tiwary-New Delhi : Anmol Publications, Pvt. Ltd., 2009. 293 p.
51. Encyclopaedic dictionary of Religions. New York : Corpus Publications, 1979. (3 vols).
52. Encyclopaedia of American Religion.

1. वाचस्पत्यम् / तारानाथ भट्टाचार्य, सम्पादक - वाराणसी : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, 1962 (छः भागों में)

भारतीय विश्वकोश की परम्परा में "वाचस्पत्यम" का स्थान सबसे पहले आता है। क्योंकि यही वह विश्वकोश है जिसने भारतीय विश्वकोश के रचनाकारों को एक मजबूत आधार दिया । इसमें कोई अतिस्योक्ति नहीं कि इसका प्रमुख स्वर वाक् रहा है । फिर भी

इतना तो स्पष्ट है कि "वाचस्पत्यम" ने "शब्द कल्पद्रुम" के शब्द को वाक् की विशाल परीधि में प्रसारित किया है ।

संस्कृत के इस ऐतिहासिक विश्वकोश में भारतीय विद्या के विभिन्न विषयों जैसे साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, तन्त्र, दर्शन, संगीत, काव्यशास्त्र, इतिहास तथा चिकित्सा आदि अनेक विषयों से सम्बन्धित सूचनाओं का विशद विवेचन प्रस्तुत है।

2. शब्दकल्पद्रुम / राधाकान्त देव - वाराणसी : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, 1967 (पाँच भागों में)

भारतीय संस्कृत वाङ्मय में "वाचस्पत्यम" के बाद "शब्दकल्पद्रुम" विश्वकोश को दूसरा महत्वपूर्ण स्थान मिला । परन्तु वाचस्पत्यम की तुलना में शब्दकल्पद्रुम का विवेचन शब्द की परिधि से बहुत आगे नहीं जा सका । फिर भी इस विश्वकोश की महत्ता को कम नहीं आँका जा सकता है ।

प्रस्तुत विश्वकोश की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें संस्कृत साहित्य एवं प्राच्य विद्या के विभिन्न क्षेत्रों जैसे साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, तन्त्र, दर्शन, संगीत, काव्यशास्त्र, इतिहास तथा चिकित्सा शास्त्र आदि विषयों का विशद विवेचन प्रस्तुत है।

प्राच्य विद्या एवं संस्कृत साहित्य के अध्ययन, अध्यापन एवं शोध में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिए यह रचना एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ कृति है ।

3. विज्ञान सर्वस्वम् / तेलुगु भाषा समिति - आंध्राप्रदेश, 1967-75 (सोलह खण्डों में)।

यह विश्वकोश तेलुगु भाषा में रचित है । इस विश्वकोश का प्रकाशन तेलुगु भाषा समिति द्वारा सन् 1967 से 1975 दौरान सम्पन्न हुआ । यह कुल सोलह खण्डों में संकलित है ।

इसमें भाषा, साहित्य, दर्शन, इतिहास, भूगोल, भौतिकी, रसायन, विधि, अर्थशास्त्र, राजनीति आदि अनेक विषयों से सम्बन्धित सूचनाओं का विशाल संग्रह प्रस्तुत है ।

4. विश्वविज्ञानकोशम् / साहित्य प्रवर्तक सहकार समिति (कोट्टायम, केरल), 1970

प्रस्तुत विश्वकोश मलयालम भाषा का एक उत्तम विश्वकोश है तथा सन् 1970 में साहित्य प्रवर्तक सहकार समिति (कोट्टायम, केरल) द्वारा इसे प्रकाशित किया गया है।

इस विश्वकोश में भारतीय प्राच्य विद्या तथा आधुनिक विषयों से सम्बन्धित सूचनाओं के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण प्रवृष्टियों को मलयालम भाषा में प्रस्तुत किया गया है।

भारतीय विश्वकोश परम्परा में प्रस्तुत कृति एक अमूल्य निधी है।

5. हिन्दी विश्वकोश /राम प्रसाद त्रिपाठी; प्रधान सम्पादक - वाराणसी नागरी प्रचारिणी सभा, 1960-1970 (बारह खण्डों में) ।

हिन्दी विश्वकोश भारतीय ज्ञान जगत में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिये एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है । इसमें भारतीय अभिरूचि के विषयों तथा प्रकरणों का विशद् विवेचन प्रस्तुत किया गया है । इसमें निहित साहित्य को बारह खण्डों में हिन्दी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया गया है ।

इसके प्रत्येक खण्ड में लघु अथवा विस्तृत लेखों का विवरण है तथा इन लेखों के लेखक विद्वानों का हस्ताक्षर भी प्रस्तुत किये गये है । इसके प्रत्येक खण्ड में आवश्यकतानुसार रंगीन चित्रों के अतिरिक्त, अनेक रेखाचित्र चित्रफल तथा मानचित्रों का भी समावेश किया गया है । इसके अन्तिम खण्ड में 68 पृष्ठों की अनुक्रमणिका दी गयी है जिसके माध्यम से पाठकों द्वारा सूचना खोजने में सहायता मिलती है ।

इस प्रकार हिन्दी-भाषा भाषि पाठकों एवं ग्रन्थालयों के लिए यह एक उपयोगी सन्दर्भ ग्रन्थ है ।

6. हिन्दी विश्वकोश / नागेन्द्रनाथ वसु; सम्पादक दिल्ली : बी. आर. पब्लिशिंग कारपोरेशन, 1987 (पचीस खण्डों में)

प्रस्तुत हिन्दी विश्वकोश नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी द्वारा प्रकाशित हिन्दी विश्वकोश की तुलना में अधिक विस्तृत है क्योंकि इसको कुल पचीस खण्डों में संकलित किया गया है । इसके प्रथम प्रकाशन का दायित्व सन् 1915 में कोलकता के नागेन्द्र नाथ वसु को सौंपा गया था ।

इस विशालतम विश्वकोश की सबसे प्रमुख विशेषता है यह कि इसमें लगभग पौने दो लाख के आस-पास भारतीय विद्या से सम्बन्धित महत्वपूर्ण प्रविष्टियों को हिन्दी में प्रस्तुत किया गया है।

इसके साथ ही साथ, इसमें चित्र, रेखाचित्र तथा चार्ट से सम्बन्धित सूचनाओं को भी प्रस्तुत किया गया है।

भारतीय विद्या के अध्ययन, अध्यापन एवं शोध में संलग्न अध्येताओं के लिए प्रस्तुत कृति अपने तथ्य परक सूचनाओं के कारण एक उपयोगी सन्दर्भ स्रोत है ।

7. संस्कृत वाङ्मयकोश / श्रीधर भास्कर वर्णेकर; सम्पादक - कोलकताः भारतीय भाषा परिषद, 1988 (तीन खण्डों में)

"संस्कृत वाङ्मय कोश" संस्कृत वाङ्मय का एक विश्वकोशीय शब्दकोश है तथा इसका प्रथम संस्करण 1988 ई. में प्रकाशित हुआ था । इस वृहतकोश को कुल तीन खण्डों में प्रकाशित किया गया है। एक प्रकार से भारतीय भाषा परिषद का सबसे महत्वपूर्ण एवं गरिमामय प्रकाशन है । संस्कृत वाङ्मय जितना प्राचीन है उतना ही विराट है। इस कोश

के प्रथम खण्ड का शीर्षक "ग्रन्थकार" है, द्वितीय खण्ड का शीर्षक "ग्रन्थ" है तथा तृतीय खण्ड का शीर्षक "परिभाषा (उत्तरार्ध) है। समग्र संस्कृत वाङ्मय का विवेचन प्रस्तुत करने वाला सर्वांगीण कोश का अभी तक एक प्रकार से अभाव ही रहता। परन्तु संस्कृत के प्रतिष्ठित विद्वान डा. श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा सम्पादित इस महत्वपूर्ण ग्रन्थ "संस्कृत वाङ्मय कोश" के माध्यम से इस अभाव को दूर करने का विनम्र प्रयास भारतीय भाषा परिषद, कोलकता ने किया है।

प्रस्तुत सन्दर्भ ग्रन्थ के प्रथम खण्ड में ग्रन्थकार ने संस्कृत वाङ्मय के बृहत साहित्य को समृद्ध करने वाले उन सारे ग्रन्थकारों के योगदानों तथा उनके विषय क्षेत्रों की व्याख्या बड़े ही वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इसके प्रथम खण्ड में पूर्व पीठिका के रूप में संस्कृत वाङ्मय दर्शन के नाम से समस्त संस्कृत वाङ्मय के अन्तरंगों का दिग्दर्शन बारह प्रकरणों में किया गया है। इस कोश के प्रथम खण्ड में लगभग 2700 प्रविष्टियों का निवेशन है, जबकि इसके द्वितीय खण्ड में प्रविष्टियों की संख्या 9000 से अधिक है।

इस कोश की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल संस्कृत साहित्य की प्रविष्टियाँ ही नहीं, बल्कि धर्म, दर्शन, ज्योतिष, शिल्प, संगीत आदि अनेक विषयों पर संस्कृत में रचित विशाल तथा वैविध्य पूर्ण वाङ्मय का संक्षिप्त परिचय समाविष्ट है। इसलिए यह केवल संस्कृत साहित्य कोश न होकर संस्कृत वाङ्मय कोश के नाम से प्रसीद्ध है। इसके अन्तर्गत संस्कृत वाङ्मय की प्रायः सभी शाखाओं में योगदान करने वाले ग्रन्थ एवं ग्रन्थकारों का एकत्र संकलित किया गया है। इसके प्रथम खण्ड में ग्रन्थकारों तथा द्वितीय खण्ड में ग्रन्थों का परिचय वर्णानुक्रम से ग्रंथित हुआ है। प्रथम खण्ड के शीर्षक संस्कृत वाङ्मय दर्शन के अन्तर्गथ कुल तेरह प्रकरणों का उल्लेख किया गया है, जिनका विवरण निम्नवत है–

संस्कृत भाषा
वेद वाङ्मय
वेदांग वाङ्मय
पुराण इतिहास
न्याय वैशेषिक दर्शन,
सांख्य योगदर्शन,
तांत्रिक वाङ्मय
मीमांसा और वेदान्त,
जैन, बौद्ध वाङ्मय,
काव्यशास्त्र, नाट्यशास्त्र और साहित्य,

ललित साहित्य, तथा

अर्वाचीन संस्कृत वाङ्मय

इसके साथ ही साथ इसमें ग्रन्थकार परिचय एवं परिशिष्टों का वर्णन है । ग्रन्थकार परिचय के अन्तर्गत कुल 2715 प्रविष्टयों का अकारादि अनुक्रमानुसार उल्लेख किया गया है। इसमें परिशिष्टों के अन्तर्गत अनेक क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया है। इनके अध्यायीकरण में हिन्दी वर्णमाला के अक्षर (क) से (ङ.) क्रम का उल्लेख है। इस प्रकार इस कोश का प्रथम खण्ड कुल 573 पृष्ठों में संकलित है ।

द्वितीय खण्ड

कोश के द्वितीय खण्ड में लगभग 9000 से अधिक ग्रन्थ विषयक प्रविष्टियों का उल्लेख है । इस भाग में परिशिष्टों के विषय के अन्तर्गत अज्ञात कर्तृक ग्रन्थ, स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत साहित्य प्रदेशानुसार चयन, प्रदेशानुसार ग्रन्थकार नामसूची, देशभक्तिनिष्ठ साहित्य, संस्कृत विद्या के आश्रयदाता और उनके आश्रित ग्रन्थकार, आत्माराम विरचित वाङ्मयकोश, साहित्यशास्त्र, ललित वाङ्मय (काव्य, स्रोत), नाट्य वाङ्मय, सुभाषित ग्रन्थ, कोश ग्रन्थ और संस्कृत वाङ्मय, प्रश्नोत्तरी 1200 से अधिक संस्कृत वाङ्मय विषयक प्रश्न उत्तरों का संग्रह आदि की विस्तृत सूचना संकलित है । इसके द्वितीय खण्ड के अन्त में संस्कृत वाङ्मय प्रश्नोत्तरी का उल्लेख अन्तिम पृष्ठ संख्या 560 के अतिरिक्त अलग से पृष्ठ सं. 1 से 58 तक है ।

तृतीय खण्ड

इस खण्ड को परिभाषा खण्ड (उत्तरार्द्ध) के नाम से सम्बोधित किया गया है । इस खण्ड को पाँच भागों में विभाजित किया गया है, जैसे धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष और न्याय संग्रह । इस प्रकार परिभाषिक शब्दों की जिन विशेषताओं को ध्यान में रखकर इस खण्ड में सोदाहरण विवेचन किया गया है वह निश्चित रूप से भारतीय विद्या के जिज्ञासु पाठकों के लिए शास्त्रीय ग्रन्थों के अध्ययन में अधिकाधिक सहायक हो सकेगी । इस खण्ड में कुल 20304 प्रविष्टियों को व्यवस्थित किया गया है । इसमें निहित कुल 20304 प्रविष्टियों का विवरण विभिन्न वर्गों के माध्यम से पृष्ठ सं. 1 से आरम्भ होकर पृष्ठ संख्या 782 पर समाप्त हुआ है ।

इस प्रकार यह संस्कृत वाङ्मय कोश जो तीन खण्डों में है और जिसका प्रकाशन भारतीय भाषा परिषद, कोलकता ने 1988 में किया है, यह निश्चित रूप से संस्कृत वाङ्मय के सभी श्रेणी के पाठकों, शोधकर्ताओं एवं अध्यापकों के लिए यह कोश एक अमूल्य सन्दर्भ कृति है ।

8. भारतकोश / बंगीय साहित्य परिषद्, कोलकता, 1973

प्रस्तुत विश्वकोश को सन् 1973 में बंगीय साहित्य परिषद्, कोलकता के सहयोग से प्रकाशित किया गया है । यह कृति कुल पाँच खण्डों में प्रकाशित है ।

यह कृति भारतीय साहित्य के जिज्ञासुओं के लिए बहुत अधिक उपयोगी है ।

9. **शिक्षा दर्शन और मनोविज्ञान का विश्वकोश / मधुसूदन त्रिपाठी - दिल्ली : ओमेगा पब्लिकेशन्स, 2007. 268 पृ.**

प्रस्तुत कृति "शिक्षा दर्शन और मनोविज्ञान का विश्वकोश" को ओमेगा प्रकाशन, दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित किया गया है । इसमें शिक्षा दर्शन एवं मनोविज्ञान से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्यों को कुल पाँच भागों में विभाजित कर अलग-अलग शीर्षकों के रूप में प्रस्तुत किया गया है । जैसे–शिक्षा दर्शन, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा के सामाजिक परिप्रेक्ष्य, महान शिक्षाशास्त्री तथा बाल विकास ।

इस प्रकार यह विश्वकोश शिक्षाशास्त्र के विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं शोध कर्ताओं के लिए बहुत ही उत्तम सन्दर्भ स्रोत है।

10. **Encyclopaedia of Religion and Ethics / James Hastings; Editor.- Edinburgh : T & T Clark, 1908 (13 Vols.).**

प्रस्तुत "विश्वकोश" इनसाक्लिोपीडिया ऑफ रिलिजन एण्ड एथिक्स" जेम्स हेस्टिंगस द्वारा सम्पादित पूरे विश्व में धर्म और नैतिक शास्त्र का सर्वोत्तम एवं विशालतम विश्वकोश है तथा अनुक्रमणिका सहित कुल तेरह खण्डों में प्रकाशित है ।

इस प्रकार धर्म एवं नैतिकशास्त्र के साथ ही साथ पूरे विश्व में प्रचलित सभी धर्मों के आचरण एवं आचार संहिता, विश्वास, आस्थाएँ, नैतिक विधान, लोक कथाओं, पौराणिकता, जीव विज्ञान, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, मानवशास्त्र एवं समाजशास्त्र से सम्बन्धित यह एक विशिष्ट विषय विश्वकोश है ।

इस विश्वकोश की विषयवस्तु के अन्तर्गत धर्मशास्त्र तथा नैतिक शास्त्र का व्यापक अर्थों में व्याख्या प्रस्तुत है । इसमें विश्व के प्रचलित सभी धर्मों तथा नैतिक शास्त्रीय पद्धतियों से सम्बन्धित तथ्यों को लघु लेखों के रूप में प्रस्तुत किया गया है । इस कृति के माध्यम से पूरे विश्व में प्रचलित किसी भी प्रकार की धार्मिक सूचनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है । इसमें विषयों को प्रकरणों के अनुसार अनुवर्णिक अनुक्रम में व्यवस्थित किया गया है । अनुक्रमणिका के अन्तर्गत विषय अनुक्रमणिका, विदेशी नामों की अनुक्रमणिका, तथा योगदान करने वाले विद्वानों की पूर्ण सूचनाओं का उल्लेख है । विषय अनुक्रमण्किा- बहुत विस्तृत एवं व्यापक हैं । प्रधान शीर्षकों के अधीन सम्बद्ध उक्तियों को एक साथ लाने का भी प्रयास किया गया है ।

प्रस्तुत विश्वकोश के प्रथम खण्ड से लेकर अनुक्रमणिका-तेरहवें खण्ड के संकलन में कुल बीस वर्षों का समय लगा । प्रथम खण्ड को पूरा करने में ही छः वर्ष लग गया था। इसमें प्रथम खण्ड से लेकर बारहवें खण्ड में अंकित - शीर्षकों का वर्णानुक्रम इस प्रकार

निम्न है–

खण्ड - 1 A से Art

खण्ड - 2 Arthur से Bunyan

खण्ड - 3 Burial से Confessions

खण्ड - 4 Confirmation से Drama

खण्ड - 5 Draviding से Fichte

खण्ड - 6 Fiction से Hyksos

खण्ड - 7 Hymns से Liberty

खण्ड - 8 Life से Mulla

खण्ड - 9 Mundas से Phrygians

खण्ड - 10 Pits से Sacrements

खण्ड - 11 Sacred से Sufaid

खण्ड - 12 Suffering से Zwingli

खण्ड - 13 Index Volume

इस प्रकार यह अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश, धर्म-दर्शन, नैतिक एवं आचारशास्त्र तथा दर्शन के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित तथ्यपरक सूचनाओं के विशाल संग्रह एवं उनके वैज्ञानिक प्रस्तुति के कारण यह एक बहुमूल्य कृति है ।

11. Encyclopaedia of Religions / Maurice A. Canney.-Delhi : Nag Publishers, 1976, 397 p.

धर्मशास्त्र के क्षेत्र में यह कृति एक महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश है। मौरिस ए. कैनी ने इसके सम्पादन का कार्य किया है जो इसके विषय के अन्तर्राष्ट्रीय विद्वान रहे हैं। सन् 1976 में इसे नाग प्रकाशन दिल्ली के सहयोग से प्रकाशित किया गया है । यह एक खण्डीय विशिष्ट विश्वकोश है तथा इसके संकलन में कुल 397 पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

इस कृति की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें विश्व के सभी धर्मों से सम्बन्धित तथ्यपरक सूचनाओं को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में 'A' से 'Z' तक व्यवस्थित किया गया है । इसके संकलनकर्त्ता के मन में इसके रचना का विचार तुलनात्मक धर्म के कारण आया क्योंकि इस दृष्टिकोण से पूर्व में निर्मित अनेक विश्वकोश, विशिष्ट विश्वकोश तथा शब्दकोशों में इस तरह के कुछ प्रविष्टि का अभाव सा महसूस किया जाता था ।

इंस प्रकार इस अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश के रचना की प्रेरणा डा. जेम्स हेस्टंग्स और उनके धर्मशास्त्र एवं नैतिकशास्त्र के अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश से मिली। चूँकि डा. हेस्टंग्स द्वारा

निर्मित विश्वकोश को केवल ग्रन्थालयों में उपयोग किया जा सकता है, जबकि इस एक खण्डीय विश्वकोश को सामान्य पाठक, विद्यार्थी तथा शोधकर्ता अपने नीजी उपयोग हेतु इसका आसानी से क्रय कर सकते हैं ।

यद्यपि इसकी विषय वस्तु गम्भीर एवं विद्वतपूर्ण हैं तथा अनेक ऐसे नये शीर्षकों को इसमें सम्मिलित किया गया है जिसे पहले किसी सन्दर्भ कृति में नहीं देखा गया था ।

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ग्रन्थालयों के लिए प्रस्तुत कृति एक उत्तम सन्दर्भ सामग्री है ।

12. Encyclopaedia of Philosophy / George Wilhelm Friedrich Hegel; tr. by Gustav Emil Mueller.-New York : Philosophical Library, 1959, 287 p.

प्रस्तुत कृति दर्शनशास्त्र की एक अन्तर्राष्ट्रीय विषय विश्वकोश है । इसके रचनाकार जॉर्ज विल्हेम फ्रेडेरिक हेगेल हैं तथा अनुवादक गुस्ताव एमिल मुलर हैं। यह एक खण्डीय विश्वकोश है तथा इसकी भाषा अंग्रेजी है । इसे सन् 1959 में दार्शनिक ग्रन्थालय, न्यूआर्क के सहयोग से प्रकाशित किया गया है । इसके संकलन में कुल 287 पृष्ठों का उपयोग किया गया है ।

अंग्रेजी माध्यम से दर्शनशास्त्र के अध्यापन, अध्ययन एवं शोध में रूचि रखने वाले पाठकों के लिए यह एक उपयोगी सन्दर्भ स्रोत है क्योंकि इसमें दर्शनशास्त्र के सभी शाखाओं के सम्बन्ध में सूचनाओं का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत है ।

13. The Encyclopaedia of Philosophy / Paul Edwards; Editor. New York : The Macmillan Company and the Free Press, 1967. (8 Vols)

प्रस्तुत कृति "दर्शनविश्वकोश" दर्शनशास्त्र का एक अन्तराष्ट्रीय विश्वकोश है तथा इसके सम्पादक पॉल एडवर्ड हैं। इस विश्वकोश में प्राच्य एवं पाश्चात्य दोनों दार्शनिक विचारों का समावेश है तथा इसको कुल आठ खण्डों में प्रकाशित किया गया है । इन आठ खण्डों का शीर्षक क्रम निम्नवत हैं–

खण्ड	शीर्षक
खण्ड - 1	A से Byzantine;
खण्ड - 2	Cabala से Entropy;
खण्ड - 3	Epictetus से Hilbert;
खण्ड - 4	Hinduism से Logic;
खण्ड - 5	Logic से Orobio;

खण्ड - 6 Orphism से Psychologism;

खण्ड - 7 Psychology से Spitrito;

खण्ड - 8 Spranger से Zubire;

इसके अतिरिक्त दर्शनशास्त्र के इस प्रसिद्ध विश्वकोश के अन्त में अनुक्रमणिकाओं का उल्लेख किया गया है जिससे इसमें निहित वांछित सूचना खोजने में पाठकों को बहुत अधिक सहायता मिलती है ।

अंग्रेजी भाषा के माध्यम से दर्शनशास्त्र के अध्ययन, अध्यापन एवं शोध में रूचि रखने वाले पाठकों के लिए यह एक अत्यन्त उत्तम स्रोत है ।

14. Encyclopaedia of Indian Philosophies / edited by Karl H. Potter.-Delhi : Motilal Banarasidas, 1977, 1-5 Vols.

प्रस्तुत विश्वकोश भारतीय दर्शन से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण विषय विश्वकोश है। इसमें भारतीय दर्शन से सम्बन्धित सम्पूर्ण साहित्य को संकलित किया गया है । इस पूरे विश्वकोश को कुल पाँच खण्डों में प्रकाशित किया गया है तथा इसके प्रत्येक खण्ड में भारतीय दर्शन से सम्बन्धित अलग-अलग क्षेत्रों को संकलित किया गया है । इसके खण्ड प्रथम से लेकर खण्ड पंचम तक के विषय शीर्षक निम्नवत हैं–

Volume - 1 - Bibliography

Volume - 2 - The Traddition of Nyaya Vaisesika up to Gangesa

Volume - 3 - Advaita Vedant- Part - 1

Volume - 4 - Sankhya, and

Volume - 5 - The Philosophy of Grammarians - Part-1, Part-2 Harold G. Coward and K. Kunjunni Raja.

प्रस्तुत विश्वकोश के प्रत्येक खण्ड के मुख्य सम्पादक Karl H. Potter हैं, जबकि सम्पादक एवं सहसम्पादक अलग-अलग हैं । इस विश्वकोश के प्रत्येक खण्ड का ISBN अलग-अलग आवंटित है, जबकि इसके पूरे सेट का ISBN : 81-208-0307-8 से अंकित है।

भारतीय दर्शन में रूचि रखने वाले अध्येताओं, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की सुविधा के लिए इसके प्रत्येक खण्ड में विस्तृत अनुक्रमणी को भी प्रस्तुत किया गया है । इसमें प्रत्येक खण्ड के प्रारम्भिक पृष्ठों में विषय सूची, प्राक्कथन एवं अन्य सूचनाओं का विवरण अंकित है ।

15. Encyclopaedia of Indian Philosophy / Subodh Kapoor; Editor.-New Delhi : Cosmo Publications, 2002. (7 Vols.)

इस विश्वकोश को कोशमो प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से सन् 2002 में प्रकाशित किया गया है । इस विश्वकोश में भारतीय दर्शनशास्त्र के विभिन्न शाखाओं जैसे भारतीय दार्शनिक, दर्शनशास्त्र के ख्यातिलब्ध विद्वान, ऋषी, विचारक, आचार्य एवं महान

धार्मिक विचारकों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी है । इतना ही नहीं, बल्कि इसमें निहित भारतीय दर्शनशास्त्र से सम्बन्धित विभिन्न - दार्शनिक विचार-धाराओं एवं उनके उत्तरोत्तर विकास के सम्बन्ध में भी महत्वपूर्ण तथ्यों का उल्लेख किया गया है ।

इस प्रकार प्रस्तुत कृति भारतीय दर्शनशास्त्र के विषय में गहन रूचि रखने वाले पाठकों के लिए एक पूर्ण सन्दर्भ कृति है । यद्यपि इसे अंग्रेजी भाषा में संकलित किया गया है । फिर भी अंग्रेजी भाषा की सामान्य ज्ञान रखने वाले पाठक गण भी आसानी से इसका अधिकाधिक उपयोग कर सकते हैं ।

16. Encyclopaedia of Indian Philosophy / Vraj Kumar Pandey - New Delhi : Anmol Publications, 2007 (2 Vols).

प्रस्तुत "Encyclopaedia of Indian Philosophy" भारतीय दर्शनशास्त्र का एक अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश है तथा अनमोल प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से इसे प्रकाशित किया गया है । इस विश्वकोश में भाषा का माध्यम अंग्रेजी है तथा यह दो खण्डों में संकलित है ।

इसके प्रथम खण्ड में पाँच अध्यायों के अन्तर्गत भारतीय दर्शन के अलग-अलग क्षेत्रों जैसे–वैदिक दर्शन, बौद्ध दर्शन, जैन दर्शन, प्राचीन हिन्दू दर्शन संस्कार दर्शन आदि से सम्बन्धिथ तथ्य परक सूचनाओं का उल्लेख किया गया है ।

इसके द्वितीय खण्ड में कुल नौ अध्यायों के अन्तर्गत भारतीय दर्शन के शेष क्षेत्रों का व्याख्या प्रस्तुत है। इसमें प्रथम अध्याय से लेकर नवें अध्याय के अन्तर्गत "भक्ति दर्शन', "धार्मिक विश्वास के दर्शन", "सुफी दर्शनि", "भारतीय मुसलीम सम्प्रदाय दर्शन", "सीख दर्शन"; "भारतीय दार्शनिक", "सामाजिक सुधार-आन्दोलन के दर्शन," "आधुनिक राजैतिक दार्शनिक", "आधुनिक दार्शनिक" जैसे शीर्षकों का विस्तृत विवेचन किया गया है ।

पाठकों द्वारा इसका अधिकाधिक उपयोग किया जा सके । इस हेतु इसके प्रथम खण्ड में ग्रन्थ सन्दर्भ सूची तथा अनुक्रमणी का उल्लेख पृष्ठ सं. 282 तथा 283-287 पर अंकित है, जबकि इसके द्वितीय खण्ड में ग्रन्थ सन्दर्भ सूची एवं अनुक्रमणी का विवरण पृष्ठ सं. 327-330 तथा 331-336 पर अंकित है ।

भारतीय दर्शनशास्त्र के अध्ययन, अध्यापन तथा शोध कार्यों में रूचि रखने वाले पाठकों के लिए यह कृति बहुत ही उपयोगी सन्दर्भ कृति है ।

17. Encyclopaedia of Vedic Philosophy / Subodh Kapoor; Editor.- New Delhi : Cosmo Publication, 2002. 2750 .p.

"वैदिक दर्शन विश्वकोश" को आचार्य सुबोध कपूर ने सम्पादित किया है तथा कोशमो प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से इसे प्रकाशित किया गया है । इसकी भाषा अंग्रेजी है ।

यह विश्वकोश वैदिक दर्शन से सम्बन्धित विस्तृत ज्ञान के सम्बन्ध में विविध लघु लेखों के रूप में सूचनाओं को उपलब्ध कराता है । उपयोग कर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे कुल नौ खण्डों में प्रकाशित किया गया है ।

इसमें वेद और दर्शन के विभिन्न शाखाओं के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रस्तुत करने का विशेष प्रयास किया गया है । साथ ही साथ, इसमें ग्रन्थ सन्दर्भ सूची के अतिरिक्त क्रास सन्दर्भ का भी उल्लेख किया गया है ।

18. Encyclopaedia of Vedic Philosophy / P.R.P. Sharma.-New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd., 2007. viii; 312 p.

प्रस्तुत कृति वैदिक दर्शन का एक अद्यतन विश्वकोश है जिसकी भाषा अंग्रेजी है तथा इसे अनमोल प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है । इस महत्वपूर्ण विश्वकोश में इसके रचनाकार ने वैदिक दर्शन को सुविधा की दृष्टिकोण से चार अलग-अलग अध्यायों में विभाजित करके लघु एवं बृहद् लेखों के रूप में अद्यतन सूचनाओं को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है।

इस विश्वकोश के प्रथम-अध्याय में "वैदिक दर्शन" नामक शीर्षक द्वितीय अध्याय में "प्राचीन हिन्दू दर्शन एवं वेद" नामक शीर्षक, तृतीय अध्याय में "वेदान्त दर्शन एवं वेद" नामक शीर्षक तथा चतुर्थ अध्याय में "वैदिक दार्शनिकों" नामक शीर्षक का उल्लेख किया गया है ।

इस प्रकार प्रस्तुत कृति वैदिक दर्शन के अध्ययन, अध्यापन एवं शोध में रूचि रखने वाले भारतीय उपयोक्तओं के साथ ही साथ अंग्रेजी माध्यम के उपयोक्ताओं के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है ।

19. Encyloppaedia of Vedanta Philosophy / Subodh Kapoor; Editor - New Delhi : Cosmo Publications, 2002, 1650 p.

प्रस्तुत कृति वेदान्त दर्शन का अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश है तथा इसके सम्पादक आचार्य सुबोध कपूर हैं। यह विश्वकोश वेदान्त दर्शन के सभी शाखाओं से सम्बन्धित विशाल साहित्य को एक ही स्थान पर प्रस्तुत करने का प्रथम प्रयास है ।

इस प्रकार यह रचना वेदान्त दर्शन के अध्ययन, अध्यापन एवं शोध में रूचि रखने वाले उपयोक्ताओं के लिए एक अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ कृति है । यद्यपि इसकी भाषा अंग्रेजी है, फिर भी अंग्रेजी भाषा की सामान्य ज्ञानकारी रखने वाले पाठक भी इसके उपयोग से अपना ज्ञान वृद्धि कर सकते हैं । इसमें विस्तृत ग्रन्थ सन्दर्भ सूची तथा अनुक्रमणी का भी उल्लेख किया गया है।

20. **Encyclopaedia of Vedanta / P.R.P. Sharma - New Delhi : Anmol Publications, 2007.324 p.**

प्रस्तुत रचना "वेदान्त विश्वकोश" को सन् 2007 में अनमोल प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से प्रकाशित किया गया है तथा यह एक खण्डीय विश्वकोश है इसके रचनाकार आचार्य पी.आर.पी. शर्मा हैं।

यह विश्वकोश अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित है तथा इसमें संकलित साहित्य के अन्तर्गत वेदान्त को विशेष स्थान दिया गया है । इसमें आत्मा, ब्राह्मण तथा विश्व के अवधारणाओं का दार्शनिक विश्लेषण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है । इसमें वेदान्त से सम्बन्धित साहित्य को कुल छः अध्यायों में जैसे–वैदिक दर्शन, वेदान्त दर्शन, पूर्व मीमांसा-अद्वैत एवं वेदान्त के अन्य सम्प्रदाय, वेदान्त - जीवन के उच्च मूल्य, वेदान्त के दार्शनिक एवं गुरू एवं शंकराचार्य आदि शीर्षक के अन्तर्गत लघु एवं दीर्घ लेखों के रूप में तथ्य परख सूचनाओं का उल्लेख है ।

21. **Companion Encyclopaedia of Hindu Philosophy / Subodh Kapoor; Editor.- New Delhi : Cosmo Publications, 2002. 587 p.**

इस विश्वकोश को भारतीय वाङ्मय के परम्परा में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। क्योंकि इससे पूर्व हिन्दू दार्शनिक सिद्धान्तों अथवा पद्धतियों को लेकर इस प्रकार के विश्वकोश का अभाव सा प्रतीत होता रहा । इस कृति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें हिन्दू दार्शनिक गुढ़ता के स्थान पर दार्शनिक अवधारणाओं के सैद्धान्तिक पहलुओं का वैज्ञानिक ढंग से विवेचन प्रस्तुत किया गया है ।

प्रस्तुत रचना उन अध्येताओं के लिए एक अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ कृति है जो दार्शनिक समस्याओं के समाधान में भारतीय दार्शनिक सिद्धान्तों अथवा विचारों का उपयोग करते हैं । इस विश्वकोश को कुल 587 पृष्ठों में संकलित किया गया है तथा इसे अंग्रेजी में प्रकाशित किया गया है ।

22. **Encyclopaedia of Upanishad and its philosophy / Subodh Kapoor; Editor.-New Delhi : Cosmo Publications, 2002. (5 Vols.)**

प्रस्तुत कृति "उपनिषद दर्शन विश्वकोश" का सम्पादक आचार्य सुबोध कपूर हैं तथा कोशमो प्रकाशन, नयी दिल्ली के सहयोग से इसे प्रकाशित किया गया है । यह कुल पाँच खण्डों में उपलब्ध है तथा इसकी भाषा अंग्रेजी है ।

यह विश्वकोश उपनिषद दर्शन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे-मौलिक अवधारणाओं, इतिहास, दर्शन, शिक्षा, सिद्धान्त एवं उपनिषदिय सैद्धान्तिक विचारों के सम्बन्ध में अद्यतन सूचना प्रस्तुत है ।

उपयोगकर्त्ताओं की सुविधा के लिए इसमें विस्तृत ग्रन्थ सन्दर्भ सूची, अनुक्रमणी

तथा क्रौस - रीफरेन्स का भी उल्लेख किया गया है । इसके संकलन में कुल 1650 पृष्ठों का उपयोग किया गया है ।

23. Encyclopaedia of Upanishads/Ravi Narayan Pandey-New Delhi :Anmol Publications, Pvt. Ltd., 2007 vii; 336 p.

प्रस्तुत रचना "उपनिषद् विश्वकोश" अंग्रेजी भाषा में आचार्य रविनरायण पाण्डेय द्वारा सम्पादित है तथा अनमोल प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से इसे प्रकाशित किया गया है । यह एक खण्डीय विश्वकोश है ।

इस विश्वकोश की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें उपनिषद के अद्योपान्त सारे शीर्षकों का उल्लेख किया गया है । यद्यपि इसमें वर्णित लेखों का रूप संक्षिप्त है, फिर भी वे सभी लेख बहुत ही सारगर्भित हैं।

पाठकों द्वारा इसका अधिकाधिक उपयोग किया जा सके इस हेतु इसमें अनुक्रमणी एवं आवश्यक निर्देशों का भी उल्लेख किया गया है । यह कुल 336 पृष्ठों में संकलित है ।

24. Encyclopaedia of Vedas / P.R.P. Sharma. - New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd., 2007. vii; 264 p.

भारतीय वैदिक वाङ्मय के क्षेत्र में प्रस्तुत कृति "वेद विश्वकोश" को अनमोल प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है । इसमें संकलित साहित्य का विवेचन अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया गया है । इस विश्वकोश की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें क्रमशः छः अध्यायों के अधीन अलग-अलग शीर्षकों जैसे 'भूमिका' 'वैदिक साहित्य', 'ऋग्वेद', 'यजुर्वेद, 'सामवेद', एवं अथर्ववेद के साथ ही साथ एक विस्तृत ग्रन्थ सन्दर्भ सूची एवं अनुक्रमणी का भी उल्लेख किया गया है ।

वेदविद्या के विभिन्न शाखाओं में रूचि रखने वाले उपयोक्ताओं के ज्ञान हेतु प्रस्तुत विश्वकोश के माध्यम से वैदिक सिद्धान्तों के साथ ही साथ वैदिक वाङ्मय के सभी शाखाओं से सम्बन्धित विवेकपूर्ण तथ्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है ।

25. Encyclopaedia of Tantra / Sandhu Shantideva. - New Delhi : Cosmo Publiations, 1999. (Five Volumes).

प्रस्तुत कृति "तन्त्र विश्वकोश" तन्त्र शास्त्र का एक विशिष्ट विश्वकोश है तथा इसे कोशमों प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से सन् 1999 में पाँच खण्डों में प्रकाशित किया गया है । इसकी भाषा अंग्रेजी है ।

तन्त्रशास्त्र के इस सन्दर्भ कृति की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें तन्त्र वाङ्मय के सम्बन्ध में आद्योपांत विवरण प्रस्तुत है । उदाहरण स्वरूप इसके "तन्त्र" शब्द का संस्कृत भाषा में अर्थ से लेकर तन्त्र निर्माण रचनाकाव्य तक के ऐतिहासिक यात्रा का

उल्लेख किया गया है । इसके साथ ही साथ, इसमें पंचगव्य के उपयोग, कुण्डलीनि जागरण के आवश्यक नियमों आदि पर भी प्रकाश डाला गया है ।

इसमें संकलित तन्त्र साहित्य के विशालता के कारण इसे अलग-अलग कुल पाँच खण्डों में प्रकाशित किया गया है । हिन्दू तन्त्रशास्त्र के अतिरिक्त इसमें बौद्ध तन्त्र के उपर भी प्रकाश डाला गया है ।

अंग्रेजी भाषा की ज्ञान रखने वाले पाठकों के लिए यह कृति तन्त्रशास्त्र का एक बहुमूल्य सन्दर्भ स्रोत है।

26. Encyclopaedia of Indian Mythology / Swami Ram Shanker Das.-New Delhi : Anmol Publications Pvt.Ltd., 2007. vii; 356 p.

प्रस्तुत कृति में भारतीय देवी-देवताओं तथा पौराणिक कथाओं से सम्बन्धित कहानियों का बृहत् संकलन प्रस्तुत किया गया है । इसमें प्रारम्भिक पृष्ठों के अतिरिक्त कुल 356 पृष्ठों में विषय से सम्बन्धित तथ्यों को कुल सोलह अध्यायों के माध्यम से अंग्रेजी भाषा में व्याख्या प्रस्तुत की गयी है ।

इस विश्वकोश की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ऋग्वेद से लेकर मूर्तिकला के काल तक की सम्पूर्ण साहित्य को लेखक ने बड़े ही वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया है । साथ ही साथ, इसमें पौराणिक कथाओं तथा भारतीय साहित्य के सम्बन्ध में विशाल सन्दर्भों का भी उल्लेख किया गया है ।

इसमें प्रथम अध्याय से लेकर सोलहवें अध्याय तक वर्णित शीर्षकों का विवरण इस प्रकार निम्नवत है :-

भूमिका, युग, ग्रह, हिन्दू जाति, हिन्दू धर्म में कर्म, मन्त्र, ज्योतिष, पौराणिक ग्रन्थ, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भागवत गीता, पौराणिक राजतन्त्र, प्राचीन भारत के विदेशी जनजाति, प्राचीन भारत के पौराणिक चरित्र, हिन्दू पौराणिक कथाओं सम्बन्धित ग्रन्थों तथा भारतीय अस्त्र-शस्त्रों" आदि से सम्बन्धित विशद् विवेचन प्रस्तुत है ।

इस प्रकार इस कृति में वर्णित विशाल साहित्य के सम्बन्ध में निहित तथ्यों से स्पष्ट है कि यह एक महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय सन्दर्भ कृति है ।

27. Encyclopaedia of Indian Music / Krishnananda Vyasdeva Ragsagar.-Delhi : Pratibha Prakashan. 2008 (2 Vols.)

प्रस्तुत कृति "Encyclopaedia of Indian Music" संगीत रागकल्पद्रुम विश्वकोश का अंग्रेजी रूपांतरण है । इसे प्रतिभा प्रकाशन, दिल्ली के सहयोग से दो खण्डों में प्रकाशित किया गया है। यह संगीत विश्वकोश भारतीय सङ्गीतशास्त्र का एक आधुनिक विश्वकोश है। इसके संकलन में कुल 1270 पृष्ठों का उपयोग किया गया है ।

इस विश्वकोश की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि भारत में प्रचलित सभी तरह के संङ्गीत विद्याओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है । उदाहरणार्थ, संस्कृत, संगीत, हिन्दी संगीत, हिन्दूस्तानी, गुजराती, मराठी, करनाटिक, तेलगू, बांग्ला, उड़िया, उर्दू, अरबी, पेगूअन के साथ ही साथ अंग्रेजी संगीत को भी इसमें सम्मिलित किया गया है ।

इस प्रकार प्रस्तुत कृति संगीत विद्या में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ ग्रन्थ है ।

28. Encyclopaedia of Indian Literature / Sahitya Academy.-New Delhi. Sahitya Academy, 1988.

प्रस्तुत विश्वकोश ''इनसाईक्लोपिडीया ऑफ इण्डियन लिटरेचर'' को साहित्य अकादमी के एक महत्वपूर्ण परियोजा के अधीन प्रारम्भ-किया था तथा अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश में सभी भाषा के भारतीय साहित्य को मुख्य रूप से उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है ।

इस कृति की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त सभी भारतीय साहित्य के सम्बन्ध में उपलब्ध विस्तृत सूचनाओं को लघु लेखों के रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

यद्यपि इसे अंग्रेजी भाषा में संकलित किया गया है, परन्तु अंग्रेजी भाषा की सामान्य जानकारी रखने वाले पाठकगणों के लिए यह एक अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ स्रोत है ।

29. Encylopaedia of Sanskrit Literature / Mamta Pandey.-New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd., 2008 (Two volumes)

यह विश्वकोश संस्कृत साहित्य का अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित एक अद्यतन अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश है तथा यह दो खण्डों में प्रकाशित है । इस कृति की सबसे मुख्य विशेषता यह है कि इसमें संस्कृत भाषा एवं साहित्य से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं को प्रस्तुत किया गया है ।

इसके प्रथम खण्ड में कुल छः अध्यायों के अन्तर्गत अग्रलिखित शीर्षकों जैसे– 1.ईश्वर की भाषा-संस्कृत, 2. प्रथम संस्कृत साहित्य - ऋग्वेद, 3. हिन्दू धर्म के सिद्धान्तः, भागवद गीता, 4. संस्कृत श्रेन्यग्रन्थ- शकुन्तला का उल्लेख किया गया है । जबकि दूसरे खण्ड में कुल तीन अध्यायों के अन्तर्गत प्रथम शीर्षक के रूप में सर्वकालीन कहानियाँ-पंच तन्त्र, द्वितीय में ''नैतिक शिक्षा की कहानियाँ-हितोपदेश'' एवं तृतीय में संस्कृत शब्दों की परिभाषावली का उल्लेख किया गया है । साथ ही साथ इन दोनों खण्डों के अन्त में ग्रन्थ सन्दर्भ सूची एवं अनुक्रमणी भी अंकित है ।

इस प्रकार संस्कृत भाषा एवं साहित्य का यह ग्रन्थ एक उपयोगी सन्दर्भ कृति है।

30. **Encyclopaedia of Educational Philosophy / Prem Chand Yogi - New Delhi : Crescent Publishing Corporation, 2008 (5 Vols)**

प्रस्तुत सन्दर्भ कृति शिक्षा दर्शन का एक अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश है तथा इसे क्रिसेन्ट प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से प्रकाशित किया गया है । यह कुल पाँच खण्डों में प्रकाशित है तथा इसमें भाषा का माध्यम अंग्रेजी है ।

इस प्रकार यह विश्वकोश अपने इन पाँच खण्डों के द्वारा शिक्षा दर्शन पर विविध लेखों के माध्यम से तथ्यपरक सूचनाओं से भरपूर है । इसमें वर्णित खण्डानुसार शीर्षकों का क्रम निम्नवत है–

खण्ड		शीर्षक
प्रथम	–	शैक्षिक दर्शन का भूमिका
द्वितीय	–	शैक्षिक दर्शन का इतिहास
तृतीय	–	शैक्षिक दर्शन का विकास
चतुर्थ	–	शैक्षिक दर्शन, एवं
पंचम	–	शिक्षा के दार्शनिक आधार ।

इसके प्रत्येक खण्ड के अन्त में ग्रन्थ सन्दर्भ सूची एवं अनुक्रमणिका का भी उल्लेख किया गया है जिससे इसके उपयोग कर्त्ताओं को बहुत सुविधा मिलती है ।

31. **Encyclopaedia of Buddhism / G.P. Malasekhara; Editor- Ceylon : Govt. Press, 1960. 152 p.**

प्रस्तुत कृति बौद्ध धर्म का एक अन्तर्राष्ट्रीय विषय विश्वकोश है तथा इसे आचार्य जी.पी. मालशेखर ने सम्पादित किया है । यह विश्वकोश सन् 1960 में सरकारी प्रेस, श्रीलंका से प्रकाशित हुआ है तथा यह एक खण्डीय विश्वकोश है ।

इस विश्वकोश की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें बौद्ध धर्म के विषय में सम्पूर्ण साहित्य का विवरण प्रस्तुत है । इस विश्वकोश के संकलन में कुल 152 पृष्ठों का उपयोग किया गया है ।

यद्यपि इसकी भाषा अंग्रेजी है फिर भी बौद्ध धर्म में रूचि रखने वाले पाठकों के लिए यह कृति अत्यन्त उत्तम सन्दर्भ स्रोत है ।

32. **Encyclopaedia of Buddhist Tantra / ShivShankar Tiwary.-New Delhi : Anmol Publications Pvt.Ltd., 2009 305 p.**

सन् 2009 में प्रकाशित यह कृति बौद्ध तन्त्र का एक खण्डीय विषय विश्वकोश है तथा इसे अंग्रेजी भाषा में अनमोल प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से प्रकाशित किया गया है । इसमें कुल 305 पृष्ठों का उपयोग हुआ है । इसमें बौद्धतन्त्र से सम्बन्धित सम्पूर्ण

साहित्य को कुल नौ अध्यायों के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। इसमें बौद्धतन्त्र के जिन शीर्षकों का अध्यायीकरण किया गया है । उसकी विवरण इस प्रकार है–

बौद्ध धर्म के पूर्व भारत में धार्मिक सिद्धान्त; बौद्ध धर्म की उत्पत्ति; महायान बौद्ध सम्प्रदाय का विकास; बौद्ध धर्म के रहस्य; बौद्ध धर्म के अन्तर्गत ईश्वरवाद; बौद्धधर्म के आचारनीति. भारतीय धर्म में तन्त्र का अर्थ; बौद्ध तन्त्र-एक संक्षिप्त परिचय, एवं बौद्धतन्त्र के प्रकार, पद्धतियाँ एवं सम्प्रदाय ।

इस प्रकार प्रस्तुत विश्वकोश के माध्यम से बौद्ध तन्त्र के अनेक विशेषताओं के साथ ही साथ भारत में बौद्ध तन्त्र के इतिहास एवं बौद्ध तन्त्र के सम्पूर्ण वाङ्मय के विषय में अद्यतन सूचना प्राप्त किया जा सकता है । बौद्ध तन्त्र में रूचि रखने वाले जिज्ञासुओं के लिए यह एक उपयोगी सन्दर्भ कृति है।

33. Encyclopaedia of Buddhist Art and Architecture /Shiv Sanskar Tiwari. - New Delhi : Anmol Publications Pvt. Ltd., 2009. 293 p.

"इनसाइक्लोपिडिया ऑफ बुद्धिस्ट आर्ट एण्ड आरचीटेक्यर" को अनमोल प्रकाशन, नई दिल्ली के सहयोग से प्रकाशित किया गया है तथा यह एक खण्डीय विषय विश्वकोश है। इसकी भाषा अंग्रेजी है तथा इसके रचनाकार शिवशंकर तिवारी है ।

इस विश्वकोश में बौद्ध कला एवं शिल्प विद्या सम्बन्धित विस्तृत साहित्य को संकलित किया गया है । इसके संकलन में कुल 293 पृष्ठों का उपयोग किया गया है । इसमें बौद्ध कला एवं शिल्प विद्या से सम्बन्धित साहित्य को कुल बारह अध्यायों के अधीन विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसमें बौद्ध कला एवं शिल्पविद्या के सम्बन्ध में भारत में नहीं बल्कि पूरे एशिया महादेश में जहाँ कहीं भी इस तरह के शाक्ष्य अथवा स्रोत है, उन सभी सूचनाओं को इसमें विशेष स्थान दिया गया है।

□□

पंचम अध्याय

सुभाषित संग्रह सूचना स्त्रोत

(Information Sources of the Good Verses)

1. भूमिका एवं अर्थ :

सुभाषित, सूक्त सूक्ति, सदुक्ति, सुवचन इत्यादि समान शब्दों द्वारा एक विशिष्ट काव्य प्रकार की ओर संकेत किया जाता है । लौकिक व्यवहार में न्याय, आभाणक, मुहाबरे इत्यादि द्वारा विचारों की वैचित्र्यपूर्ण अभिव्यक्ति होती है। ठीक उसी प्रकार साहित्यकारों की रचनाओं में पद्य या गद्य वाक्यों में जब चित्ताकर्षक विचार रखे जाते हैं, तो उसे सुभाषित कहा जाता है । ऐसे सुभाषितों का व्याख्यानों एवं लेखों में उपयोग करने से उनमें रोचकता बढ़ती है । यही कारण है कि कई वक्ता या लेखक ऐसे सुभाषितों का संग्रह स्वेच्छा पूर्वक करते हैं । अर्थात् "कर्त्तव्यो हि सुभाषितस्य मनुजैरावश्यक संग्रह 'जैसे इस प्रसिद्ध सुभाषित में भी सुभाषितों को कंठस्थ करने का सन्देश दिया गया है । इसलिए कि सुभाषितों के यथोचित प्रयोग से वक्ता या लेखक सब प्रकार के लोगों को वस में कर सकता है । अर्थात् "अज्ञान ज्ञान वतोप्यनेन हि वशीकर्तु समर्थों भवेत् ।"

2. सुभाषित के लक्षण :

साहित्यकारों ने महाकाव्य, खण्डकाव्य, मुक्तक, चम्पू, नाटक इत्यादि साहित्य के प्रकारों के तथा उनके अवांतर उपभेदों के लक्षण बताए हैं, परन्तु सुभाषित का लक्षण किसी शास्त्रकार ने नहीं किया है । "नूनं सुभाषित-रसोऽन्यरसातिशायी" इस वचन में भी सुभाषित रस का निर्देश किया गया है कि यह रस अन्य रसों से श्रेष्ठ कहा गया है ।

3. सुभाषितों के प्राचीन एवं अर्वाचीन संग्रह–

सुभाषितों के जो अन्यान्य प्राचीन एवं अर्वाचीन संग्रह प्रकाशित किये गये हैं उनमें देवस्तुति, राजस्तुति, अन्योक्ति, नवरस, नायक-नायिका का सौंदर्य वर्णन, ऋतु वर्णन मूर्खनिन्दा, पंडित प्रशंसा, सत्काव्यस्तुति, कुकाव्यनिन्दा, सामान्य नीति, राजनीति इत्यादि विविध विषयों पर पुराण, रामायण, महाभारत, पंच महाकाव्य, प्रसिद्ध स्मृति ग्रन्थ, नाटक, मुक्तककाव्य इत्यादि ग्रन्थों से चुने हुए श्लोकों का और वैचित्र्यपूर्ण गद्यवचनों का संग्रह मिलता है। इन पद्यों या गद्यों को आप्तवचन सा प्रामाण्य तत्वतः नहीं है, परन्तु अनेक विद्वान ऐसे सुभाषितों को आप्त वाक्यवत् उद्धृत भी करते हैं।

4. सुभाषित विषयों का प्रतिपादन :

प्रतिभाशाली लेखक या वक्ता के द्वारा सुभाषित विषयों का प्रतिपादन आवेश में या वर्णन के ओध में, उनमें सूचित उत्कट अनुभव के कारण अनायास ही व्यक्त होते हैं । व्यवहार में तो कभी-कभी छोटे-छोटे बालकों के मुख से सुभाषित निकल आते हैं तथा ऐसे सुभाषित प्रौढ़ों द्वारा स्वीकृत अथवा ग्रहण करने योग्य होते हैं । इसीलिए कहा भी गया है कि "वालादपि सुभाषितं ग्राह्यम् ।" अर्थात् सारे ही वेदवचनों को आप्तवचन का प्रामाण्य है, तथापि उनमें भी अनेक ऐसे वाक्य है जिनका सुभाषितों की पद्धति से उपयोग होता है, जैसे–

नायमात्मा बाणहीनेन लभ्यः ।
अहमिन्द्रो न पराजिग्ये ।
स्वर्गकामो यजेत ।
मातृदेवो भव, पितृ देवो भव ।
यानि अस्माकं सुचरितानी
तानि त्वयोपास्यानी नो इतराणि,
इत्यादि।

पुराणों, महाभारत एवं रामायण में वर्णित सुभाषितों के स्वतन्त्र संग्रह अब तक प्रकाशित किये जा चुके हैं । विश्व प्रसिद्ध सुभाषित संग्रहों में 7वीं सदी के भर्तृहरि द्वारा विरचित नीतिशतक, वैराग्यशतक तथा शृंगार शतक में कुछ सुभाषित पूर्वकालीन ग्रन्थों से संकलित किये गये हैं । यह भी सम्भव है कि कुछ सुभाषित पद पूर्व अज्ञात कवियों के काव्यों से संकलित किये गये होंगे तथा कुछ स्वयं भर्तृहरि द्वारा विरचित होंगे । सुभाषित संग्रहात्मक ग्रन्थों का एक विशेष गुण यह कि उनमें अनेक अज्ञात कवियों के इधर उधर विखरे पड़े मनोहर स्फूट पद्य सुरक्षित रहे तथा साथ ही साथ कुछ कवियों के नाम भी प्रसिद्ध होते गये । उदाहरणार्थ भोजराज के सभाकवियों का चित्रण, नाम तथा पद्य सूक्तिग्रन्थों के कारण ही अब तक विद्यमान है ।

इसी प्रकार एक अज्ञात कर्तृक एकमात्र सुभाषित के कारण उपलब्ध भास नाटकों का ज्ञान हुआ अन्यथा वे सारे नाटकों के सम्बन्ध में अब तक कोई भी जानकारी न होती।

5. प्राचीन सुभाषित संग्रह :

सुभाषित- प्रथम सुभाषित के सम्बन्ध 12वीं सती में बंगाल के मालदा जिले के पं. विद्याधर का नाम सबसे पहले आता है, जिसमें वे 1739 सुभाषित श्लोकों को संकलित किये हैं ।

सदुक्ति कर्णामृत–संकलनकर्ता श्रीधर दास इसमें श्लोकों की संख्या 2380 है तथा इसे 13वीं शती में संकलित किया गया है ।

सूक्तिमुक्तावली—संकलित द्वारा जल्हण । ये देवगिरी (महाराष्ट्र) के यादववंशी 13वीं शती के राजा कृष्ण के हस्तिवाहिनी पति थे तथा इन्हीं के नाम पर भानुकवि ने यह संग्रह बनाया है ।

प्रसन्न साहित्य रत्नाकर—इसके संकलन कर्ता आचार्य नन्दन पण्डित हैं तथा इसे 15वीं शती में संकलित किया गया है ।

सार्ङ्गधरपद्धति—इसके संकलनकर्ता आचार्य शार्ङ्गधर है तथा इसे 19वीं शती में संकलित किया गया है । इसमें कुल श्लोकों की संख्या 4616 है ।

सुभाषितावली—इस सुभाषित संग्रह के संकलनकर्ता एक काश्मीर निवासी आचार्य बलदेव है । इसमें कुल श्लोकों की संख्या 3528 है तथा इसे 15वीं शती में संकलित किया गया है ।

पद्यावली—इस सुभाषित संग्रह के संकलनकर्ता आचार्य रूप गोस्वामी है तथा इसमें कष्णापरक 386 श्लोकों का संग्रह है ।

सूक्ति रत्नहार—इसके संकलनकर्त्ता कलिंगराय हैं तथा इसे 19वीं शती में संकलित किया गया है ।

सूक्ति रत्नाकर—इस सुभाषित संग्रह को 13वीं शती में आचार्य सिद्ध चन्द्रमणि द्वारा संकलित किया गया है ।

प्रस्ताव रत्नाकर—इस सुभाषित संग्रह को आचार्य हरिदास ने 16वीं शती में संकलित किया है ।

सुभाषित हारावली—इसके संकलनकर्ता आचार्य हरिदास है ।

सूक्ति सुन्दर—यह सुभाषित संग्रह आचार्य सुन्दरदेव 17वीं शती मे संकलित किया गया है ।

पद्यतरंगिणी—इस संग्रह के संकलनकर्ता व्रजनाथ हैं।

पद्यवेणी—इस सुभाषित संग्रह को 17वीं शती में आचार्य वेणीदत्त ने संकलित किया है ।

पद्यरचना—इस सुभाषित संग्रह को 17वीं शती में आचार्य लक्ष्मणभद्र अंकोलकर द्वारा संकलित है । इसमें श्लोकों की संख्या 756 है ।

पद्यामृत तरंगिणी—इस सुभाषित को 17वीं शती में आचार्य हरि भास्कर द्वारा संकलित किया गया है तथा इसके श्लोकों की कुल संख्या 301 है ।

श्लोक संग्रह—इस सुभाषित संग्रह को 17वीं शती में पं. मणिराम दीक्षित ने संकलित किया है तथा इसमें कुल श्लोकों की संख्या (1606) है।

शृंगारालाप—इस सुभाषित ग्रन्थ में शृंगारमय एक सहस्त्र से अधिक श्लोकों का संग्रह है । इसे 16वीं शती में संकलित किया गया है । इसमें कुल एक हजार से अधिक

श्लोकों को सम्मिलित किया गया है तथा इसमें सम्मिलित 238 श्लोक दशावतार से सम्बन्धित हैं ।

विद्याधर सहस्त्रक—इस ग्रन्थ के संकलनकर्ता एक मिथिलानिवासी पं. विद्याधर मिश्र है ।

पदमुक्तावली—इस ग्रन्थ में दो संकलनकर्ताओं आचार्य घाटी राम तथा गोविन्दभट्ट ने योगदान किये हैं ।

सुभाषित सुधानिधि—इस सुभाषित ग्रन्थ को 14वीं शती में आचार्य सायणाचार्य ने संकलित किया है तथा इसमें श्लोकों की कुल संख्या 11181 है ।

पुरूषार्थ सुधा निधि—इस सुभाषित ग्रन्थ में महाभारत, पुराणों, तथा उपपुराणों के सुभाषितों का संकलन व्यवस्थित है तथा इसके संकलनकर्ता आचार्य सायणाचार्य है।

पद्यावली—पद्यावली शीर्षक से तीन सुभाषित ग्रन्थ विद्यमान हैं तथा इन तीनों के संकलनकर्त्ता अलग-अलग मुकुन्दकवि, विद्याभूषण तथा रूप गोस्वामी हैं ।

प्रस्तावचिन्तामणि—इसे आचार्य चन्द्रचूड़ ने संकलित किया है ।

प्रस्तवतरंगिणी—इसके संकलकर्त्ता श्रीपाल हैं।

प्रस्तावमुक्तावली—इसके संकलनकर्त्ता आचार्य केशव भट्टी हैं।

प्रस्ताव संग्रह—इस सुभाषित संग्रह के संकलनकर्त्ता राम शर्मा हैं ।

प्रस्तावना—इस सुभाषित ग्रन्थ के संकलनकर्ता साहित्य सेन है ।

सुभाषित कौस्तुभ—इस सुभाषित संग्रह के संकलनकर्त्ता श्री वेकंटाध्वरी हैं।

सुभाषितावली—इस कृति के संकलन कर्त्ता श्री सकल कृति हैं ।

सुभाषित रत्नकोश—इस कृति के संकलनकर्त्ता श्री कृष्णभट्ट हैं ।

सुभाषित रत्नावली—इस सुभाषित संग्रह के संकलनकर्त्ता श्री उमा महेश्वर भट्ट हैं ।

सार संग्रह—इस कृति के संकलनकर्त्ता श्री शम्भूदास हैं।

सार संग्रह सुधार्णव—इस सुभाषित कृति के संकलनकर्त्ता श्री भट्टगोविन्दजित् हैं।

सुभाषितनीति—इस कृति के संकलनकर्त्त वेंकटनाथ हैं।

सुभाषित पदावली—इसके संकलनकर्त्ता श्री निवासाचार्य हैं।

सुभाषित मंजरी—इसके संकलनकर्त्ता चक्रवर्ती वेकंटाचार्य हैं।

सुभाषित सर्वस्व—इसके संकलनकर्त्ता महामहोपाध्याय आचार्य गोपीनाथ कविराज हैं।

सूक्तिवारिधि—इस सुभाषित कृति के संकलनकर्त्ता श्री पेटुमभट्ट हैं।

सूक्ति मुक्तवली—इस कृति के संकलनकर्त्ता श्री विश्वनाथ हैं ।

सूक्तावली—इस कृति के संकलनकर्त्ता आचार्य लक्ष्मण हैं।

सुभाषित सुरद्रम—इस शीर्षक से सुभाषित ग्रन्थों के दो अलग-अलग कृतिसंकलित गये हैं जिनको केलाड़ी वसवप्यानायक तथा खण्डेराय वसवयतीन्द्र के द्वारा संकलित किया गया है ।

सुभाषित रत्नाकर—इस शीर्षक से सुभाषित संग्रहों के चार अलग-अलग कृति प्रकाशित किये गये हैं; जिनके संकलनकर्त्ता मुनिवेदाचार्य, कृष्ण उमापति तथा के.ए. भाटवडेकर हैं।

सुभाषित रंगसार—इस कृति के संकलनकर्ता श्री जगन्नाथ हैं।

सभ्यालंकरण- इति कृति के संकलनकर्ता श्री गोविन्दजित् हैं ।

वुध भूषण—इस सुभाषित संग्रह के संकलनकर्ता छत्रपति संभाजी अर्थात् शिवाजी महाराज के पुत्र हैं ।

सभ्यभूषण मंजरी—इस कृति के संकलनकर्ता श्री गौतम हैं ।

पद्यतरंगिणी—इस सुभाषित संग्रह के संकलनकर्ता श्री व्रजनाथ हैं ।

6. जैन साहित्य के सुभाषित संग्रह—

जैन संस्कृत साहित्य के सुभाषित संग्रह प्राय धार्मिक तथा नैतिक सदाचार एवं लोकव्यवहार पर आधारित हैं । उदाहरणार्थ,

रत्नसन्दोह-संकलनकर्ता अमितगति । भव्य जन-कण्ठाभरण, अर्हद्दास कृत । सूक्तिमुक्तवली काव्य-सोमप्रभकृत । विवेकपादप तथा विवेक कलिका-संकलकर्ता नरेन्द्र प्रभ।

सज्जन चित्तवल्लभ-मल्लिषेण कृत। शृंगार-वैराग्य तरंगिणी-सोमप्रभकृत । उद्देश्य तरंगिणी-राजशेखरकृत । कर्पूर प्रकट-हरिसेनकृत । अन्योक्ति शतक - दर्शन विजय कृत। अन्योक्ति मुक्तावली-हंस विजय गणितकृत । धनदशक तंत्र-धनराजकृतथा दृष्टान्तशतक-तेज सिंह कृत ।

उपर्युक्त वर्णित ये सुभाषितग्रन्थ एकर्तृक है, अर्थात् इनके एक के अलावा दूसरे-कवियों के काव्यों को सम्मिलित नहीं किया गया है ।

इसी प्रकार श्री शंकराचार्य द्वारा विरचित "विवेक चूड़ामणि" का स्वरूप अध्यात्मपरक सुभाषित संग्रह का एक प्रमुख उदाहरण है । एक अन्य श्रेण्यकृति "भामनी विलास" जो जगन्नाथ पंडित राज द्वारा विरचित है में उनके शृंगार करूण, शांत रसमय तथा अन्योक्तिपरक सुभाषितों का संग्रह मिलता है। सुश्लोकलाघव में महाराष्ट्र के अनेक ऐतिहासिक संतों की प्रशंसा वैशिष्ट्यपूर्ण शैली में की है । इसमें सम्मिलित श्लोकों की संख्या 500 सौ से अधिक है।

गाँधी जी की अंग्रेजी सूक्तियों का पद्यानुवाद करके डा. चिन्तामणराव देशमुख ने गाँधी सूक्ति मुक्तवली नामक सुभाषित ग्रन्थ लिखे हैं। अब तक एक कवि आधारित अथवा अनेक कवियों के सुभाषितों को भिन्न-भिन्न भाषाओं एवं देशों में प्रकाशित किये जा चुके हैं। इसमें शंकराचार्य कृत समत्वगीत तथा श्रीधर भास्कर वर्णेकर कृत ''मन्दोर्मिमाला'' प्रमुख हैं। संस्कृत के आधुनिक विद्वान-काशीनाथ पाण्डुरंग परब द्वारा सम्पादित ''सुभाषितरत्न भण्डागार'' एक महत्वपूर्ण सुभाषित संग्रह माना जाता है । इसमें सात प्रकरणों में दस हजार से अधिक विविध विषयों पर प्राचीन कवियों द्वारा रचित श्लोकों का संकलन प्रस्तुत है। इस कृति के कुल आठ खण्डों को प्रकाशित किया जा चुका है ।

7. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण सुभाषित संग्रह एवं विश्वकोश :

महासुभाषित - संग्रह : (Maha-Subhasita-Samgraha)/Ludwick Sternbach; ed.by S. Bhaskaran Nair.-Hosiarpur : Viskeshwaranand Vedic Research Institute, 1974-, Multi volumes.

प्रस्तुत ग्रन्थ ''महा सुभाषित संग्रह'' संस्कृत के यूरोपिय विद्वान लूडविक स्टेरनबैक द्वारा रचित एक अमूल्य कृति है । उनके द्वारा निर्धारित योजना के अन्तर्गत इस संग्रह में कुल 18000 सुभाषितों को संकलित करके बीस खण्डों में प्रकाशित करने की योजना थी। इसके प्रथम खण्ड का संकलन सन् 1966 में प्रारम्भ हुआ तता यह प्रथम खण्ड सन् 1974 में प्रकाशित हआ । इस प्रकार इस ग्रन्थ के प्रथम खण्ड से लेकर - चतुर्थ खण्ड तक के प्रकाशन का कार्य लूडविक स्टेरनबैक के योगदान से पूर्ण हुआ तथा पंचमखण्ड के.वी. शर्मा के सम्पादकत्व में प्रकाशित किया गया जबकि इसका छठवाँ एवं सातवा खण्ड एस. भास्करन नायर के सम्पादन में प्रकाशित किया गया है । इस सुभाषित ग्रन्थ को निर्मित करने में जिन स्रोतों को आधार बनाया गया है, उनको तीन मुख्य वर्गों में विभाजित किया गया है, जैसे–इसमें प्राथमिक स्रोतों का संकेत हिन्दी वर्णमाला के (अ) अक्षर से इंगित किया गया है। द्वितीय श्रेणी के स्रोत को हिन्दी वर्णमाला के (आ) अक्षर से तथा भारत से सम्बन्धित अन्य स्रोतों को (इ) अक्षर से प्रस्तुत किया गया है । इसमें निहित सुभाषितों के अंग्रेजी अनुवाद तथा उसके अनुवादकों का अन्तमें कोष्ठक में उल्लेख किया गया है। अनुवाद से सम्बन्धित ग्रन्थपरक-सूचनाओं के लिए इसके जगह-जगह पर संक्षिप्त विवरण अंकित है।

इस सुभाषित ग्रन्थ के प्रत्येक खण्ड में पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखकर कुछ महत्वपूर्ण सूचियों एवं अनुक्रमणियों को भी निर्मित किया गया है वे इस प्रकार हैं–

1. इसमें निहित सुभाषितों के स्रोतों के ग्रन्थपरक सूचना तथा इनके अनुवादों के स्रोतों का संक्षिप्त सूची निर्मित है।

2. लेखक एवं स्रोत अनुक्रमणी-इस अनुक्रमणी से इस ग्रन्थ में निहित सुभाषितों के लेखकों एवं स्रोतों को खोजने में सुविधा होती है।

3. छंद, अलंकार एवं श्लोक अनुक्रमणी–इस अनुक्रमणी से पाठकों को इस ग्रन्थ में सन्दर्भित छन्दो एवं अलंकारों की जानकारी मिलती है । त्याज्य संन्दर्भों को इसमें इटालिक्स में प्रस्तुत किया गया है ।

4. सामूहिक विषय अनुक्रमणी-महासुभाषित संग्रह के सभी खण्डों के पूर्ण होने पर एक सामूहिक विषय अनुक्रमणी को निर्मित करने की योजना थी ।

इस प्रकार इस महासुभाषित संग्रह में संकलित 18000 सुभाषितों में से क्रम संख्या 01 से लेकर 1873 सुभाषितों को प्रथम खण्ड में देवनागरी वर्णमाला (अ) से (अन्वे) के अन्तर्गत वर्णित किया गया है । तदनन्तर शेष सुभाषितों का क्रम आगे के खण्डों में विन्यसित हैं। इसके साथ ही साथ इसके प्रत्येक खण्ड में कुछ आवश्यक सूचियों एवं अनुक्रममणियों का भी उल्लेख किया गया है, जैसे–

Index of Authors;

Index of Sanskrit Meters, and

Addenda and Corrigenda.

इस प्रकार 18000 सुभाषितों का महासुभाषित संग्रह संस्कृत वाड्मय के विद्यार्थियों के साथ ही साथ संस्कृत के अतिरिक्त अन्य यूरोपीय भाषा की जानकारी रखने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य पाठकों के लिए भी यह महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है। इसके प्रत्येक खण्ड की जील्द बन्दी बहुत अच्छी तरह से की गयी है।

शिक्षा-मञ्जूषा (SHIKSHA-MANJUSHA) सुभाषित कोश / सम्पादक वेद प्रकाश शास्त्री एवं शशिकान्त पाण्डेय - नई दिल्ली : नीता प्रकाशन, 2002, 712 पृ.

प्रस्तुत ग्रन्थ शिक्षा-मन्जूषा सुभाषित कोश में विविध ग्रन्थों से संकलित 2121 सुभाषितों का संग्रह है, जिनको रोमन लिपि में रूपान्तरित कर हिन्दी तथा अंग्रेजी में अनूदित किया गया है । इसके प्रत्येक सुभाषित के नीचे उसका विषय भी संकेतार्थ लिख दिया गया है । जैसे, ओऽम् अर्थात आदि गुरू परमेश्वर, गुरू, माता-पिता, शिष्य, राष्ट्र संस्कार, संस्कृति, परिवेश, राजनीति आदि विषयों से सुभाषितों के अलावा त्याज्य, निन्दनीय तथा प्रशंसनीय विषयों के सुभाषितों का भी इसमें संग्रह है । साथ ही साथ शिक्षा के विषय में सम्बन्धित अनेक सुभाषित विशेष रूप से संकलित है ।

प्रस्तुत कोश ग्रन्थ को तैयार करने में वेदों, उपनिषदों, ब्राह्मण ग्रन्थों, पुराणों, महाकाव्यों, नाटकों तथा सूक्ति संग्रहों से भी सहायता ली गयी है। इस प्रकार 2121 सुभाषितों का संग्रह 2121 बहुमूल्य रत्नों की खान है ।

स्वध्यायशील विद्वानों तथा संस्कृत वाड्मय के विद्यर्थियों के लिए यह बहुत उपयोगी ग्रन्थ है । इसे अन्त्याक्षरी के लिए उपयुक्त सूची पत्र के रूप में भी पाठकों द्वारा

प्रयोग किया जा सकता है । इसमें संकलित सुभाषितों का विवेचन 13 अध्यायों में प्रस्तुत किया गया है । साथ ही साथ, संस्कृत वर्णमाला का अंग्रेजी रूपान्तर, सन्दर्भ ग्रन्थ एवं उनकी संकेत सूची का भी इसमें उल्लेख किया गया है ।

नैतिक-मञ्जूषा (शैक्षिक मूल्य) / वेद प्रकाश शास्त्री; सम्पादक — नई दिल्ली : नीता प्रकाशन, 2009. xx, 742 पृ.

इस सन्दर्भ ग्रन्थ में लगभग 2100 सुभाषितों को अनेक ग्रन्थों से संग्रहित कर वर्णानुक्रम में विन्यसित किया गया है । इस नैतिक मञ्जूषा में व्यवहारिक पक्ष पर विशेष बल-दिया गया है । हमारा व्यवहार किससे कैसा होना चाहिए और कैसा नहीं तथा उसके साधन क्या हैं? जैसे इन्हीं भावों को इन सुभाषितों में प्रस्तुत किया गया है।

इसकें अन्तर्गत संकलित सुभाषितों के अर्थ हिन्दी में देने के साथ ही साथ अंग्रेजी में भी दिये गये है जिससे अंग्रेजी जानने वाले पाठक भी इसका उपयोग आसानी से कर सकते हैं । नीतिशब्द का बहुत विस्तृत अर्थ है । मानव का किसी के प्रति कैसा व्यवहार होना चाहिए यही बात नीति कहलाती है । इस ग्रन्थ में गुरू-शिष्य, पति-पत्नी, गृह सदस्यों, राजा-प्रजा, राजकर्मचारियों, विभिन्न वर्णों तथा आश्रमों आदि का परस्पर तथा प्राणिमात्र और राष्ट्र के प्रति कैसा व्यवहार होना चाहिए इन्हीं विषयों से सम्बन्धित 2100 सुभाषितों को इस ग्रन्थ में संग्रहित किया गया है ।

प्रस्तुत ग्रन्थ में निहित सुभाषितों का संग्रह वेदों से लेकर नवीनतम ग्रन्थों से किये गये हैं ।

इस प्रकार सुभाषितों के अध्ययन में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों एवं विद्वानों के लिए यह एक बहुमूल्य कृति है । साथ ही साथ यह अन्त्याक्षरी के लिए भी एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ कृति हैं ।

विश्व संस्कृत सूक्ति कोश / ललित प्रभ सागर - मथुरा : भाषा भवन, 2000. (तीन खण्डों में)।

यह एक विषय विश्वकोश है जिसमें संस्कृत साहित्य के सूक्तियों के भण्डार को हिन्दी भाषा में रूपान्तरित करके कोश क्रम में प्रस्तुत किया गया है । साहित्य की विराटता में सूक्तियों की व्यापकता सहज स्वाभाविक है । शायद ही ऐसा कोई विषय हो जिससे सम्बन्धित सूक्तियाँ संस्कृत में न मिलती हों । अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष की पृथक्-पृथक् धाराओं को सम्पादित करते हुए उनपर मार्मिक सूक्तियों की संरचना संस्कृत साहित्य की अन्यन्य विशेषता है । जीवन में हर कदम पर मार्ग प्रशस्त करने के लिए इन सूक्तियों की उपयोगिता विवाद मुक्त है ।

सूक्ति वह है जो सद्विचार का प्रतिनिधित्व करे और सदाचार का प्रवर्तन । संस्कृत साहित्य में ऐसी सूक्तियाँ कदम-कदम पर ज्योतिर्मय हैं। इन सूक्तियों के व्यवस्थापन हेतु

सूक्तिकोश को तीन खण्डों में विभाजित किया गया है जो निम्नवत है–

प्रथम खण्ड–"अ" से "त";

द्वितीय खण्ड–"थ" से "भ";

तृतीय खण्ड–"म" से "ह" ।

इस प्रकार यह विश्वकोश संस्कृत साहित्य के विद्यार्थियों के साथ ही साथ-सभी श्रेणी के पाठकों के लिए अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ कृति है ।

बृहद् विश्व सूक्तिकोश (Encyclopaedia of Quotations)/ श्याम बहादुर वर्मा–नई दिल्ली : प्रभात प्रकाशन, 2000. (तीन खण्ड) ।

प्रस्तुत विश्वकोश को सन् 2000 में प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है । लेखक ने इस विश्वकोश में महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय सूक्तियों का वृहत संकलन प्रस्तुत किया है । इसकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें क्रमशः संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश तथा आधुनिक भारतीय भाषाओं जैसे हिन्दी, उर्दू, कश्मीरी, पंजाबी, सिंधी, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, बांग्ला, उड़िया, असमिया, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम के साथ ही साथ अंग्रेजी, अरबी, फारसी, चीनी, जापानी, यूनानि, लैटिन, फ्रेंच, जर्मन, रूसी आदि की सूक्तियों का भी समुचित प्रतिनिधित्व है ।

इस विश्वकोश में संकलित सामग्रियों के विशालता के कारण इसे तीन खण्डों में प्रकाशित किया गया है तथा इसके प्रथम खण्ड में सूक्तियों का विन्यसन 'अ' अक्षर से लेकर 'थ' अक्षर तक प्रस्तुत किया गया है । इसी प्रकार इसके द्वितीय खण्ड में सूक्तियों का विन्यसन 'द' अक्षर से लेकर "यौ" अक्षर तक व्यवस्थित है । जबकि इसके तृतीय खण्ड में सूक्तियों का व्यस्थापन 'यौ' अक्षर से प्रारम्भ होकर 'ज्ञ' अक्षर पर समाप्त हुआ है ।

उपयोक्ताओं द्वारा इसका अधिकाधिक उपयोग हो सके । इस हेतु इसके प्रत्येक खण्ड में परिशिष्ट के रूप में सन्दर्भ अनुक्रमणिका का भी उल्लेख किया गया है । इन अनुक्रमणिकाओं का क्रम भी वर्णानुक्रम में व्यवस्थित हैं । इसके अन्तर्गत सभी सूक्ति स्रोतों अर्थात् उद्धृत लखकों तथा लेखक नाम से सम्बन्धित ग्रन्थों का, पत्र-पत्रिकाओं आदि का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया है ।

इस प्रकार यह "बृहद् विश्व सूक्तिकोश" कुल तीन ख़ण्डों में विभाजित लगभग 1700 पृष्ठों में संकलित है । प्रत्येक खण्ड के प्रारम्भ में दी गयी विषयानुक्रमणिका का उपयोग करके यत्र-तत्र विकीर्ण विविध शीर्षकों में से पाठक अपनी रूचि के विषय सम्बन्धित सभी-शीर्षकों का उपयोग करने में समर्थ हो सकते हैं । अपनी इसी विशेषता के कारण यह विश्व सूक्ति कोश एक मात्र सर्वजनोपयोगी एवं दुर्लभ सन्दर्भकृति है।

❑❑

षष्ठ अध्याय

वाङ्मयसूची

(Bibliography)

1. भूमिका एवं अर्थ-

संस्कृत एवं प्राच्य भारतीय साहित्य में वाङ्मय शब्द को साहित्य शब्द के व्यापक अर्थ के अन्तर्गत संचित ज्ञान-राशि के समस्त भण्डार को वाङ्मय कहा जाता है। क्योंकि इसके अन्तर्गत रचनात्मक एवं रसात्मक साहित्य तथा अतिरिक्त ज्ञान एवं विज्ञान से सम्बन्धित समस्त विद्याएँ परिगणित होती हैं । इसी प्रकार अंग्रेजी भाषा में भी साहित्य एवं वाङ्मय दोनों के लिए एक ही शब्द लिटरेचर (Literature) का प्रयोग किया जाता है।

जबकि अंग्रेजी पद "विबिलयोग्राफी" का सर्वप्रथम प्रयोग सन् 1645-50 में लुइस जैकब डी सेन्ट चार्ल्स (Lowis Jacob de Saint Charles) ने अपनी पुस्तक विब्लियोग्राफिया परसियाना (Biblographia Persiana) में किया था । विब्लियोग्राफी शब्द ग्रीकभाषा के दो पदों (Biblion) विब्लियोंन एवं (Grapheen) ग्राफीयेन से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ग्रन्थ एवं लिखना अर्थात् "ग्रन्थ लिखना" होता है । कालान्तर में एक फ्रांसीसी विद्वान पोलार्ड (Pollard) ने विब्लियोग्राफी शब्द का अभिप्राय "पुस्तकों के विषय में लिखने" से जोड़कर देखा तथा जर्मनी के विख्यात वाङ्मय सूचीकार (F. Ebert) एफ. एबर्ट ने बिब्लियोग्राफी शब्द को परिभाषित करते हुए कहा कि "यह वह विज्ञान है जो साहित्यिक उत्पादनों से सम्बन्धित होता है।"

समाज के साथ-साथ बिब्लियोग्राफी पद के मूलभूत धारणा में परिवर्तन होने के कारण विख्यात वाङ्मय सूचीकारों ने "बिब्लियोग्राफी" शब्द को भिन्न-भिन्न रूपों में परिभाषित किये हैं । सर वाल्टर डब्लू. ग्रेग के अनुसार, वाङ्मय सूची का तात्पर्य यह है कि इसमें ग्रन्थों अथवा पुस्तकों का अध्ययन ठोस वस्तु के रूप में किया जाता है । अस्तु वाङ्मय सूची साहित्यिक प्रलेखों के संचार का विज्ञान होता है ।"

थियोडोर बेस्टर मैन (Thedore Besterman) के अनुसार "वाङ्मयसूची ग्रन्थों की सूची होती है जिसे किसी एक निश्चित सिद्धान्त के अनुसार व्यवस्थित किया गया होता है।" लुइस शोर्स (Louis Shores) के अनुसार, "वाङ्मयसूची लिखित, मुद्रित एवं अन्य विधियों से निर्मित किये गये परम्परागत रीति रिवाजों एवं सभ्यताओं के अभिलेखों की एक तालिका

होती है। जिसके अन्तर्गत ग्रन्थों, धारावाहिक प्रकाशनों, पाण्डुलिपियाँ, चित्रों, मानचित्रों; फिल्में एवं अन्य रूपों को सम्मिलित किया जा सकता है ।

अरूनडेल इजडेल के परिभाषा के अनुसार, "वाङ्मयसूची एक कला है और साथ ही विज्ञान भी है"' इसका कलात्मक पक्ष ग्रन्थों का अभिलेख करने में निहित होता है जबकि वैज्ञानिक पक्ष ग्रन्थों के निर्माण एवं उनके अभिलेख को प्रस्तुत करने की सीमा में निहित होता है ।

उपर्युक्त परिभाषाओं से यह स्पष्ट होता है कि बिब्लियोग्राफी शब्द का प्रयोग तीन रूपों में किया गया है–

1. विज्ञान;
2. कला;
3. किसी तकनीक का उत्पादन ।

जबकि वर्तमान समर्य में विब्लियोग्राफी शब्द का प्रयोग केवल दो ही रूपों में किया जाता है, जैसे पहला-ग्रन्थों की एक सूची निर्धारण करने की कला एवं दूसरा तालिका का नाम ।

2. वाङ्मयसूची का महत्व (Importance of Bibliography) :

ऐतिहासिक एवं विश्लेषणात्मक वाङ्मयसूचियाँ विद्वता एवं पाण्डित्य की धरोहर होती हैं। ज्ञान के ये दोनों क्षेत्र विश्व के पाण्डित्य परम्परा में अपना विशेष महत्व रखते हैं। क्रमबद्ध वाङ्मय सूची एक कला होती है जो इसके प्रस्तुतीकरण में निहित होती है। ग्रन्थालय विवरणों को प्रविष्टियों में प्रस्तुत करने हेतु व्यवस्थित करना एवं उन प्रविष्टियों को किसी निश्चित क्रम में उपयोग हेतु निर्मित करना वाङ्मय सूची की कला को प्रस्तुत करता है। जबकि विश्लेषणात्मक वाङ्मयसूची जो विवरणात्मक वाङ्मयसूची होती है उसे विज्ञान कहते हैं।

वाङ्मयसूची के व्यवहारिक पक्ष को ध्यान में रखते हुए इसे विज्ञान अथवा कला की संज्ञा देना उतना महत्व नहीं रखता जितना कि ग्रन्थाध्यक्षों एवं शोधकर्ताओं के लिए यह एक सन्दर्भ उपकरण के रूप में वाङ्मयात्मक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अधिक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी होता है । डा. एस. आर. रंगनाथन ने प्रलेख वाङ्मयसूची के अनेक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट किया है कि "वाङ्मयसूची प्रमुख रूप से ग्रन्थों की आत्मा अर्थात् विषय वस्तु एवं विचार धारा से सम्बद्ध होता है ।" वर्तमान युग में साहित्य उत्पादन की प्रचुरता के कारण "सूचना विस्फोट का युग" के नाम से जाना जाता है जिसके फल स्वरूप यह सम्भव नहीं है कि ज्ञान की अनेक शाखाओं के विकास के लिए एवं ज्ञान वर्धन के लिए आवश्यक सूचना एवं सूचना स्रोतों की पूर्ण जानकारी हो । इस दृष्टिकोण से वाङ्मय सूची की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है।

3. वाङ्मयसूची के उद्देश्य एवं कार्य (Objectives and Functions of Bibliography) :

1. वाङ्मयसूची का प्रथम उद्देश्य उपयोग कर्ताओं को वांछित पाठ्य सामग्रियों को मुद्रित रूपों में उपलब्ध है अथवा नहीं का पता लगाने अथवा उसकी वस्तु स्थिति को जानने में सहायता करना होता है ।

2. वाङ्मयसूची का दूसरा मुख्य उद्देश्य ग्रन्थालयों में कृतियों के चयन (Book Selection) के स्रोत के रूप में करना होता है ।

3. वाङ्मयसूची से ग्रन्थों के ग्रन्थपरक विवरण का सत्यापन एवं उपलब्धी अधिक सरल हो जाता है ।

4. ग्रन्थालयों में इसकी सहायता से उपयोक्ताओं द्वारा वांछित सामग्रियों की विषयानुसार तालिका निर्मित करने में सहायता मिलती है ।

5. लघु स्तरीय ग्रन्थालयों में वाङ्मयसूची की सहायता से संकलित ग्रन्थों की सूचीकरण एवं वर्गीकरण करने में अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है । उदाहरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय वाङ्मयसूची में संकलित प्रविष्टियों से सम्बन्धित डी.डी.सी. एवं सी.सी. द्वारा निर्मित वर्गांक भी दिया रहता है ।

6. अध्ययन, अध्यापन एवं शोध आदि गतिविधियों में रूचि रखने वाले अध्येताओं को उनकी अभिरुचि के अनुसार पूरे राष्ट्र अथवा विश्व में प्रकाशित सूचनाओं से अवगत कराया जाता है ।

4. वाङ्मयसूची एवं इसके विभिन्न प्रकार (Bibliography and its Various Types) :

वाङ्मयसूचियों को सामान्यतया तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है–

1. क्रमबद्ध अथवा परिगणात्मक वाङ्मयसूची;
2. विश्लेषित अथवा आलोचनात्मक वाङ्मयसूची; एवं
3. ऐतिहासिक वाङ्मयसूची।

क्रमबद्ध अथवा परिगणात्मक वाङ्मयसूची के अनेक प्रकार निधार्रित किये गये हैं जो कि इस प्रकार निम्नवत हैं–

i) सार्वभौमिक वाङ्मयसूची;
ii) राष्ट्रीय वाङ्मयसूची;
iii) व्यापारिक वाङ्मयसूची;
iv) चयनात्मक या वर्णनात्मक वाङ्मयसूची;
v) अलभ्य पुस्तकों की वाङ्मयसूची;

vi) छद्म नाम वाङ्मयसूची;

vii) सामायिकी वाङ्मयसूची;

viii) शोध प्रबन्धों की वाङ्मयसूची;

ix) विषय वाङ्मयसूची;

x) लेखक वाङ्मयसूची; एवं

xi) वाङ्मय सूचियों की वाङ्मयसूची ।

इसी तरह से विश्लेषित अथवा आलोचनात्मक वाङ्मयसूची के दो प्रकार निर्धारित किये गये हैं जो कि इस प्रकार हैं–

i) वर्णनात्मक वाङ्मयसूची, एवं

ii) मूल पाठ वाङ्मयसूची ।

ऐतिहासिक वाङ्मयसूची के अन्तर्गत ग्रन्थों को कला की दृष्टिकोण से अध्ययन किया जाता है। ऐतिहासिक वाङ्मयसूची का प्रमुख सम्बन्ध लेखन-कला एवं लेखन सामग्री के विभिन्न अवयवों से होता है। इससे उक्त काल के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के इतिहास एवं मानव सभ्यता के विकास का पता चलता है ।

प्रस्तुत अध्याय में क्रमबद्ध वाङ्मयसूची के प्रकार के अन्तर्गत केवल कुछ ही प्रकारों के सम्बन्ध में विस्तृत विवेचन-प्रस्तुत है ।

5. वाङ्मयसूची का मूल्यांकन (Evaluation of Bibiography) :

वाङ्मयसूचियों के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित जाँच विन्दुओं के आधार पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।

प्रमाणिकता–संकलित ग्रन्थ प्रमाणिक एवं शुद्ध होना चाहिए । इसका निर्धारण प्रकाशकों, वितरकों, लेखकों एवं अन्य उत्तरदायित्व कर्त्ताओं की प्रतिष्ठा अथवा प्रसिद्धि योग्यता एवं अनुभव के द्वारा की जा सकती है।

विषय क्षेत्र–वाङ्मयसूची के विषय क्षेत्र को जानने के लिए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों द्वारा जानकारी प्राप्त की जा सकती है । जैसे–संकलनकर्त्ता के अनुसार कार्य का उद्देश्य क्या है ? वाङ्मयसूची सामयिक है, चयनित है, पूर्वव्यापी है या विस्तृत है ? विषय, भाषा, स्थान एवं समय की क्या सीमाएँ हैं ?

व्यवस्थापन–वाङ्मयसूची के निर्माण में व्यवस्थापन प्रक्रिया सबसे महत्वपूर्ण पहलु है। अलग-अलग उद्देश्यों की पूर्ति के लिए वाङ्मय सूचियों में व्यवस्थापन की प्रक्रिया इस प्रकार की होनी चाहिए जिससे वांछित सूचना अथवा तथ्य आसानी से प्राप्त की जा सके। वाङ्मय सूचियों में व्यवस्थापन अथवा विन्यसन निम्नलिखित प्रकार का हो सकता

है–

i. लेखक, विषय या भौगोलिक क्षेत्र के द्वारा वर्णानुक्रमानुसार;
ii. कालक्रमानुसार व्यवस्थापन;
iii. वर्गीकृत विन्यसन;
iv. अनुवर्णिक वर्गीकृत व्यवस्थापन;
v. शब्दकोशीय व्यवस्थापन; एवं
vi. प्रकाशन वर्ष के अनुसार व्यवस्थापन ।

प्रविष्टियाँ एवं उसमें वर्णित तथ्य–

वाङ्मयसूचियों में निर्मित प्रविष्टियों में निम्नलिखित सूचनाएँ अवश्य होनी चाहिए, जैसे–लेखक, सहायक लेखक, आख्या, संस्करण, ग्रन्थमाला, खण्डों की संख्या, प्रकाशकीय विवरण एवं सार आदि ।

संशोधन और अद्यतन-वाङ्मयसूचियों में दी गयी सूचनाओं को नवीन रखने के लिए एक निश्चित अन्तराल के बाद संशोधन किया जाना चाहिए ।

विशेषताएँ–वाङ्मयसूची की विशेषताओं को अन्य उपलब्ध वाङ्मयसूचियों से तुलना के द्वारा पता किया जा सकता है । प्राक्कथन एवं भूमिका का अध्ययन करने से विशेषताओं एवं त्रुटियों के बारे में अन्दाज किया जा सकता है ।

भौतिक स्वरूप–वाङ्मयसूची के भौतिक स्वरूप के अन्तर्गत ग्रन्थ की जिल्दबन्दी, कागज, मुद्रण तथा मुद्रित सामग्रियों के अक्षर स्पष्ट है अथवा नहीं आदि सूचनाओं को महत्व देना चाहिए ।

6. राष्ट्रीय वाङ्मयसूची (National Bibliographics) :

राष्ट्रीय वाङ्मयसूची का विषय सीमा देश अथवा राष्ट्र तक सीमित रहता है। इसमें एक राष्ट्र में प्रकाशित सभी भाषाओं के तथा सभी विषयों में प्रकाशित ग्रन्थों को सूचीबद्ध करती है । प्रत्येक देश अथवा राष्ट्र में वहाँ के राष्ट्रीय ग्रन्थालयों या इसके द्वारा निर्धारित अन्य ग्रन्थालयों में डी. बी. एक्ट अथवा कॉपीराइट अधिनियम या आई.पी.आर. एक्ट के अनुसार ग्रन्थों की जो प्रतियाँ प्राप्त होती हैं । उसी के आधार या इनको निर्मित की जाती है । राष्ट्रीय वाङ्मयसूचियों में अधिकांशतः पत्र-पत्रिकाओं के प्रथम अंक, सरकारी प्रलेखों एवं ग्रन्थों आदि की पाठ्य सामग्री की सूचना दी होती है ।

7. राष्ट्रीय वाङ्मयसूची की उपयोगिता :

राष्ट्रीय वाङ्मयसूची का मुख्य उद्देश्य एवं कार्य सम्बन्धित राष्ट्र के उपयोग के लिए पूर्ण वाङ्मयात्मक सूचना उपलब्ध कराना होता है । इसकी सहायता से निम्नांकित सूचना प्राप्त की जा सकती है।

i. वाङ्मय सूची की सहायता से किसी भी राष्ट्र के बौद्धिक एवं साहित्यिक विकास के सम्बन्ध में जानकारी मिलती है ।

ii. इसके द्वारा भावी पीढ़ी को शोध एवं विकास के कार्यों में पूर्ववर्ति साहित्य का ज्ञान होता है ।

iii. ग्रन्थालयों एवं सूचना केन्द्रों में ग्रन्थों के चयन में यह बहुत उपयोगी होता है।

iv. इसकी सहायता से किसी ग्रन्थ में अंकित मूल्य की सत्यता की जाँच भी की जा सकती है ।

v. राष्ट्रीय स्तर पर सार्वभौमिक ग्रन्थात्मक निमंत्रण में राष्ट्रीय वाङ्मय सूची एक महत्वपूर्ण उपकरण का कार्य करता है । कम्प्यूटर एवं सूचना प्रद्यौगिकी की आगमन से पूरे विश्व में राष्ट्रीय वाङ्मयसूचियों का उपयोग तो बढ़ा है परन्तु अभी भी कुछ ऐसे देश हैं, जिनमें राष्ट्रीय वाङ्मयसूचियाँ प्रकाशित नहीं की जाती हैं। इस प्रकार के सूचियों को दो वर्गों में विभाजित किया जाता है–

1. सामायिक राष्ट्रीय वाङ्मयसूची,
2. पूर्वव्यापी राष्ट्रीय वाङ्मयसूची ।

भारत में सामयिक राष्ट्रीय वाङ्मयसूची का अभाव है फिर भी भारतीय राष्ट्रीय वाङ्मयसूची सामायिक राष्ट्रीय वाङ्मय सूची के कार्य को कुछ सीमा तक पूर्ण करती है। परन्तु इसमें कुछ क्षेत्रों के प्रलेखों को अभी भी सम्मिलित नहीं किया जाता है तथा इसका प्रकाशन एक निश्चित अन्तराल पर न होकर कुछ विलम्ब से हो पाता है ।

8. भारतीय राष्ट्रीय वाङ्मयसूची (Indian Natonal Bibliography - INB) :

1. **भारतीय राष्ट्रीय वाङ्मयसूची, त्रैमासिक, अक्टूबर 1957 दिसम्बर 1963; मासिक जनवरी 1964 केन्द्रीय सन्दर्भ ग्रन्थालय, राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकता, 1959-वार्षिक संचयी अंक, 1958-62 की पंचवर्षीय संचयी अनुक्रमणिका ।**

आई. एन. बी. भारत की राष्ट्रीय वाङ्मयसूची है तथा इसका प्रकाशन भारत के राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता के सहोदर संगठन केन्द्रीय सन्दर्भ पुस्तकालय कोलकता द्वारा सन् 1958 से प्रकाशित की जार रही है । यह राष्ट्रीय वाङ्मयसूची राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकता में 1954 के ग्रन्थ प्रदान अधिनियम (डिलीवरी ऑफ बुक्स एक्ट) एवं संशोधित अधिनियम 1956 के अधीन प्राप्त होने वाली ग्रन्थों पर आधारित है तथा इसे सामायिक भारतीय प्रकाशनों का प्रमाणिक-वाङ्मयात्मक अभिलेख के रूप में स्थान प्राप्त है।

इस राष्ट्रीयवाङ्मय सूची के प्रथम अंक का प्रकाशन सन 1958 में किया गया जिसका विमोचन हिमायु कबीर (वरिष्ठ सचीव, केन्द्र सरकार) के द्वारा सम्पन्न हुआ था। सर्व

प्रथम प्रकाशित अंक अक्टूबर से दिसम्बर 1957 त्रैमासिक अंक था । यह राष्ट्रीय वाङ्मयसूची सन् 1963 तक वार्षिक संचयित खण्डों के साथ त्रैमासिक के रूप में प्रकाशित होती चली आयी । तत्पश्चात् 1964 से 1967 तक इसके त्रैमासिक स्वरूप को परिवर्तित करके इसे मासिक कर दी गयी । इसी प्रकार 1958 से 1962 तक के प्रकाशित वार्षिक खण्डों की पंचवर्षीय संचयी अनुक्रमणिका भी प्रकाशित की गयी है । 1968 से 1970 के बीच इसका कोई अंक प्रकाशित नहीं हो पाया, परन्तु 1971 से 1977 के बीच मासिक अंकों का प्रकाशन कुछ विलम्ब से होने के कारण 1978 से 1983 के मासिक अंकों के स्थान पर दो वार्षिक खण्डों का प्रकाशन किया गया । पुनः छः वर्षों के बाद सन् 1984 में मासिक अंकों का प्रकाशन पुनः शुरू कर दिये गये ।

1958 से 1967 तक के संस्कृत खण्डों की संचयित अनुक्रमणिका को दो खण्डों में प्रकाशित किया गया है । इस प्रकार यह बहुभाषीय राष्ट्रीय वाङ्मयसूची है, जिसमें अनेक भाषाओं के ग्रन्थों को सूचीबद्ध किया जाता है । आई. एन. बी. भारत में प्रकाशित ग्रन्थों एवं अन्य सूचना सामग्रियों की वर्गीकृत वाङ्मयसूची है तथा इसको अद्यावधि मासिक रूप में प्रकाशित किया जाता है तथा इसके बारह मासिक अंकों को मिलाकर वार्षिक संचयी खण्ड प्रकाशित की जाती है ।

आई. एन.बी. में निम्नलिखित सूचना स्रोतों को सम्मिलित नहीं किया जाता है–

1. मानचित्र;
2. सामयिकी तथा समाचार पत्रों के प्रथम अंक को छोड़कर अन्य अंक;
3. पाठ्य-पुस्तकों की कुंजीयों;
4. क्षणिक पठनीय सामग्री;
5. संगीत स्वर लिपि, तथा
6. सस्ते उपन्यास ।

सन् 1972 के अन्त तक आई एन. बी. दो भागों में प्रकाशित होती रही तथा प्रत्येक भाग के दो अनुभाग थे जिनको जनवरी 1973 से एक में मिला दिया गया है । वर्तमान में आई एन.बी. के वर्गीकृत भाग में डी.डी.सी. के वर्गों के अनुसार प्रविष्टियों को व्यवस्थित किया जाता है, जबकि प्रत्येक प्रविष्टियों के नीचे दाहिनी तरफ द्वि-बिन्दु वर्गीकरण (Colon Classification) के द्वारा भी वर्णांक निर्मित भाग में प्रविष्टियों को वर्गीकरण संख्या से व्यवस्थित किया गया है तथा कृतियों का पूरा विवरण, जैसे-लेखक का नाम, शीर्षक, प्रकाशक का नाम, प्रकाशन वर्ष प्रकाशन स्थान, पृष्ठ संख्या, आकार, ग्रन्थमाला तथा मूल्य का उल्लेख किया गया है । अंग्रेजी के अतिरिक्त भारतीय भाषाओं के ग्रन्थों से सम्बन्धित सूचना रोमन लिपि में प्रस्तुत किया गया है । जबकि संस्कृत भाषा की ग्रन्थों के लिए देवनागरी लिपि का प्रयोग किया गया है।

इसी प्रकार इस वाङ्मय सूची के दूसरे अनुभाग में वर्णानुक्रम पद्धति पर आधारित दो प्रकार की अनुक्रमणिकाओं का उल्लेख किया गया है जिसमें पहला लेखक एवं आख्या से सम्बन्धित अनुक्रमणिका है तथा दूसरा विषय से सम्बन्धित अनुक्रमणिका है ।

आई.एन.बी. को विस्तृत एवं अद्यतन रखने हेतु केन्द्रीय सन्दर्भ ग्रन्थालय, कोलकता को राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकता के साथ विलय किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है क्योंकि राष्ट्रीय पुस्तकालय कोलकता द्वारा राष्ट्रीय वाङ्मय सूची के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके वर्तमान कमियों को आसानी से दूर किया जा सकता है ।

2. **भारतीय साहित्य का राष्ट्रीय वाङ्मयसूची (National Bibliography of Indian Literature), 1901-53, नई दिल्ली : साहित्य अकादमी, 1962-74 (4 खण्डीय)।**

भारतीय साहित्य के इस राष्ट्रीय वाङ्मयसूची में पन्द्रह भारतीय भाषाओं एवं अंग्रेजी में प्रकाशित 60,000 ग्रन्थों के प्रविष्टियों को इसमें सूचीबद्ध किया गया है । इसमें प्रविष्टियों को रोमन लिपि में अंकित किया गया है तथा ग्रन्थों का वर्गीकरण डी.डीसी. पर आधारित है। ग्रन्थों से सम्बन्धित प्रविष्टियों को इसमें भाषा के आधार पर विभाजित किया गया है। तत्पश्चात् डी.डी.सी. के अनुसार विषयों को व्यवस्थित किया गया है । प्रत्येक विषय में ग्रन्थों के लेखक के नाम से वर्णानुक्रमानुसार प्रविष्टियों को व्यवस्थित किया गया है । इसके प्रत्येक खण्ड में चार भाषाओं के ग्रन्थों को सूचीबद्ध किया गया है तथा प्रत्येक खण्ड के अन्त में अनुक्रमणिका का उल्लेख किया गया है ।

इस चयनित राष्ट्रीय वाङ्मयसूची की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें भारतीय लेखकों की कृतियों के साथ ही साथ भारत से सम्बन्धित विश्व के किसी भाग में प्रकाशित ग्रन्थों को भी सम्मिलित किया गया है । सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी से सम्बन्धित प्रकाशित ग्रन्थों को ही इसमें सूचीबद्ध किया गया है । यद्यपि इसमें पत्र-पत्रिकाओं एवं अन्य प्रकार के पाठ्य सामग्रियों को सम्मिलित नहीं किया गया है ।

इसमें बीसवीं सदी के मानविकी तथा सामाजिक विज्ञान के सभी ग्रन्थकारों तथा उनके रचनाओं को सम्मिलित किया गया है, परन्तु कुछ ग्रन्थकारों के रचनाओं को इसमें उचित स्थान नहीं मिल पाया है ।

3. विषयपरक वाङ्मयसूचियाँ (Subject Bibliographies)

विषय परक वाङ्मयसूची में किसी विषय से सम्बन्धित ग्रन्थों, लेखों एवं अन्य सूचना सामग्रियों के सूची को व्यवस्थित क्रम में दिया रहता है । विषय परक वाङ्मयसूचियों की सहायता से पाठकों को किसी विषय के सम्बन्ध में आवश्यक वाङ्मयात्मक सूचनाएँ आसानी से प्राप्त हो जाती हैं।

9. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित विषयपरक वाङ्मयसूचियों के प्रमुख उदाहरण–

1. Bibliographie Vedique / Louis Renou. - Paris, 1931.

प्रस्तुत वाङ्मयसूची वैदिक साहित्य का अन्तर्राष्ट्रीय वाङ्मयसूची है तथा इसे फ्रांस के लुइस रेनू ने फ्रेंच भाषा में संकलित किया है । इस विषयपरक वाङ्मयसूची में वैदिक साहित्य से सम्बन्धित प्रकाशित ग्रन्थों को तालिकाबद्ध किया गया है ।

2.1 Vedic Bibliography / R.N. Dandekar.-Poona : Bhandarkar Oriental Research Institute, 1986. (Four Vols).

प्रस्तुत कृति विषय वाङ्मयसूची का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है तथा पूर्व में भारतीय विद्या के एक ख्यातिलब्ध फ्रेंच विद्वान लुई रेनु द्वारा प्रारम्भ किये गये कार्य का यह एक नवीन उपलब्धि है । इस कृति में लेखक ने सन 1930 से 1945 के मध्य वेद एवं वेद से सम्बन्धित विभिन्न शाखाओं के प्रकाशित ग्रन्थ एवं ग्रन्थेत्तर सामग्रियों के प्रविष्ट्यिों को व्यवस्थित करने का महत्त्वपूर्ण प्रयास किया है। यह विषय वाङ्मयसूची भण्डारकर ओरियन्टल शोध संस्थान पूना के सौजन्य से कुल चार खण्डों में प्रकाशित किया गया है तथा इसके प्रत्येक खण्ड में वेद एवं वेद से सम्बन्धित विभिन्न शाखाओं के प्रकाशित सामग्रियों को तालिका बद्ध किया गया है।

इसके प्रथम खण्ड में कुल पैंतीस सौ प्रविष्टियों को व्यवस्थित किया गया है जिनको कुल एक्कीस अध्यायों एवं 168 उपभागों में विभाजित किया गया है । इस प्रकार इस प्रथम खण्ड में वेदशास्त्र के जिन क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया है वे इस प्रकार निम्नांकित हैं–

1. ऋग्वेद;	6. ब्राह्मन्स;	11. वैदिक काल;
2. अथर्ववेद;	7. उपनिषद्,	12. शब्द कोश;
3. शामवेद;	8. वेदाङ्ग;	13. वैदिक शब्दों का अध्ययन;
4. यजुर्वेद;	9. वैदिक साहित्य;	14. भाषा वैज्ञानिक अध्ययन;
5. धर्मशास्त्र;	10. दर्शनशास्त्र;	15. वैदिक अवधारणाओं का अध्ययन
16. सामाजिक अध्ययन;		17. इतिहास
18. वाङ्मयसूची	19. जीवनी	20. संकलन, इत्यादि ।

इस खण्ड के अन्त में पृष्ठ संख्या (369) पर लेखक अनुक्रमणिका सूची तथा पृष्ठ संख्या (387) पर शब्द अनुक्रमणिका सूची संलग्न है ।

2.2. Vedic Bibliography / R.N. Dandekar.- Poona : Bhandarkar Oriental Research Institute, 1978. (Volume- 2nd)

परन्तु रचना वैदिक वाङ्मय सूची का दूसरा खण्ड है तथा इसमें भी वैदिक साहित्य से सम्बन्धित कुल एक्कीस विषयों में प्रकाशित ग्रन्थ एवं ग्रन्थेत्तर पाठ्य सामग्रियों की विस्तृत

प्रविष्टियों को विषयानुसार सूची बद्ध किया गया है । इन प्रविष्टियों को संकलित करने में कुल (760) पृष्ठों का उपयोग हुआ है । भण्डारकर ओरियन्टल शोध संस्थान, पूना द्वारा सन् 1978 में प्रकाशित किया गया है तथा इसके अन्त में पृष्ठ संख्या 721 से 746 तक लेखक अनुक्रमणिका सूची तथा पृष्ठ संख्या 747 से 760 तक शब्द अनुक्रमणिका सूची वर्णित है ।

2.3. **Vedic Bibliography / R.N. Dandekar. Poona : Bhandarkar Oriental Research Institute, 1973. (Vol. - 3rd).**

यह खण्ड वैदिक वाङ्मयसूची का तृतीय खण्ड है तथा इसमें वैदिक साहित्य से सम्बन्धित प्रकाशित ग्रन्थ एवं ग्रन्थेत्तर पाठ्य सामग्रियों के प्रविष्टियों को तालिकाबद्ध करने में (1082) पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा खण्ड के प्रारम्भ में प्राथमिक सूचनाओं को कुल चौबीस पृष्ठों में अलग से प्रस्तुत किया गया है । इस खण्ड को सन् 1973 में प्रकाशित किया गया है।

2.4. **Vedic Bibliograhpyy . R.N. Dandekar.-Poona : Bhandarkar Oriental Research Institue, 1985. (Volume- 4rth).**

यह खण्ड इस विषय वाङ्मयसूची का अन्तिम और चौथा खण्ड है तथा इसमें वेद एवं वेद से सम्बन्धित प्रकाशित साहित्यों को संकलित कर कुल (1532) पृष्ठों में प्रविष्टियों को प्रस्तुत किया गया है । इस खण्ड के अन्त में पृष्ठ संख्या 1333 से 1396 तक लेखक अनुक्रमणिका सूची तथा 1397 से 1432 तक शब्द अनुक्रमणिका सूची संलग्न है । इस खण्ड को सन् 1985 में भण्डारकर ओरियन्टल शोध संस्थान, पूना से प्रकाशित किया गया है ।

इस प्रकार यह कृति प्राच्य भारतीय विद्या के विषय वाङ्मयसूची का एक सर्वोत्तम उदाहरण है ।

3. **Bibliography of Indology : Kolkata : National Library, 1952.**

यह राष्ट्रीय ग्रन्थालय, कोलकता की एक परियोजना के अन्तर्गत इसे 1952 में शुरू किया गया था जिसके अन्तर्गत 56 खण्डों में एक वृहत् पूर्व कापी वाङ्मय सूची को तालिकाबद्ध एवं मुद्रित करना था । विशेष रूप से भारतीय संस्कृति के एक पक्ष के प्रकाशनों के इसके प्रत्येक खण्ड में शामिल करने की योजना थी । साथ ही साथ, भारतीय संस्कृति के अन्य पक्षों को भी इसमें प्रकाशित करने की योजना थी, जो इस प्रकार निम्नवत हैं–

1. सम्बन्धित विषय की संक्षिप्त रूप रेखा तथा उसके अध्ययन के विकास का विवरण प्रदान करना ।

2. विषय से सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण ग्रन्थों की सूची में सम्मिलित करना तथा उक्त ग्रन्थ किस ग्रन्थालय में उपलब्ध है उसका विवरण देना ।

3. विषय के व्यावहारिक अध्ययन हेतु-सभी सहायक सामग्रियों का जानकारी देना।

4. प्रत्येक सूचीबद्ध पुस्तक का वाङ्मयात्मक प्रविष्टि प्रस्तुत करना तथा ।

5. सन्दर्भ अनुक्रमणिका प्रस्तुत करना ।

अब तक राष्ट्रीय ग्रन्थालय, कोलकता द्वारा प्रकाशित वाङ्मयसूचियों का विवरण निम्नवत है–

Indian Anthropology–1960
Indian Botany-1961

Part I : 1964.

उपर्युक्त वाङ्मयसूचियों में ग्रन्थ एवं ग्रन्थेतर पाठ्य सामग्री के शीर्षकों को भी सम्मिलित किया गया है । संस्कृत भाषा एवं साहित्य, प्राचीन भारतीय इतिहास, मध्यकालीन भारतीय इतिहास तथा आधुनिक भारतीय इतिहास से सम्बन्धित कृतियों के संकलन का कार्य गतिशील है । आई.सी.सी. आर., नई दिल्ली द्वारा अब तक इस वाङ्मयसूची के दो खण्ड

1. Arts - 1966

2. History and Culture - 1970

मुद्रित हो चुके हैं तथा शेष खण्डों का प्रकाशन भी प्रतिक्षारत हैं ।

4.1 Annual Bibliography of Indology / Maya Malviya; Compiler.- Allahabad : Ganganath Jha Kenalriya Sanskrit Vidyapeeth, 1974. (2 Vols.)

प्रस्तुत कृति के अन्तर्गत भारतीय विद्या से सम्बन्धित प्रकाशित ग्रन्थ एवं ग्रन्थेतर पाठ्य सामग्रियों को संगठित एवं एकत्रित करके डा. गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद द्वारा भारतीय विद्या के वार्षिक वाङ्मयसूची के नाम से सन् 1969 से 1974 के मध्य दो खण्डों में प्रकाशित किया गया है । इस वाङ्मयसूची की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें भारतीय विद्या से सम्बन्धित प्रकाशित महत्वपूर्ण शोध लेखों, ग्रन्थों एवं सम्मेलन कार्यवाहियों को सम्मिलित किया गया है । इसमें प्रविष्टियों के संकलन का कार्य बहुत सावधानी पूर्वक सम्पन्न किया गया है।

लुई रेनु तथा रा. ना. दाण्डेकर द्वारा प्रकाशित वैदिक वाङ्मसूची वैदिक साहित्य के लिए उत्तम वाङ्मयसूची है । परन्तु इसी प्रकार कुरू क्षेत्र-विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित "प्राच्य ज्योति" इस क्षेत्र के शोधकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना स्तोत्र होते हुए प्राच्य विद्या के सभी क्षेत्रों को इसमें उचित प्रनिधित्व नहीं मिल पाया तथा कुछ वर्षों के बाद इसके प्रकाशन को बन्द कर दिया गया । फिर भी उचित समय एवं आवश्यक संसाधनों की कमी के बाद भी भारतीय विद्या के वार्षिक वाङ्मयसूची (Annual Bibliography of Indology) के प्रथम खण्ड सन् 1969 में प्रकाशित हुआ।

इस प्रकार भारतीय विद्या के इस वार्षिक वाङ्मयसूची के प्रथम खण्ड में भारत अथवा विश्व के किसी भी देश में प्राच्य भारतीय विद्या से सम्बन्धित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध लेखों, समीक्षाएँ, टिप्पणियों एवं ग्रन्थों से सम्बन्धित सूचनों को इसमें तालिका बद्ध किया गया है । इंस कार्य हेतु कुल 253 पत्रिकाओं को उपयोग किया गया है।

वाङ्मयसूची के इस खण्ड में प्रविष्टियों को चौबीस भागों में विषयानुसार वर्गीकृत करके प्रस्तुत किया गया है जबकि लेखकों अथवा ग्रन्थकारों के लिए वर्णानुक्रम में अलग से अनुक्रमणिका सूची संलग्न किया गया है । इस वाङ्मयसूची के संकलन में कुल (268) पृष्ठों का उपयोग हुआ है । इस खण्ड के अन्त में पृष्ठ संख्या 233 से 262 तक लेखक अनुक्रमणिका सूची व्यवस्थित है, जबकि पृष्ठ संख्या 263 से 268 तक शब्द अनुक्रमणिका सूची का उल्लेख किया गया है।

4.2. Annual Bibliography of Indology / Maya Malviya; Complier.-Allahabad; Ganganath Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeeth, 1977. (Volume-2).

भारतीय विद्या के वार्षिक वाङ्मयसूची के इस दूसरे खण्ड में प्राच्य विद्या से सम्बन्धित प्रकाशित साहित्य के उन सामग्रियों को सम्मिलित किया गया है, जिनको प्रथम-खण्ड में शामिल करना सम्भव नहीं था । इसमें प्रविष्टियों को ग्यारह भागों में वर्गीकृत करके प्रस्तुत किया गया है । इस खण्ड का कुल पृष्ठ संख्या (872) है । इसमें भारतीय विद्या के जिन विषयों के ग्रन्थों एवं ग्रन्थेत्तर पाठ्य सामग्रियों को तालिकाबद्ध किया गया है, उनका विवरण इस प्रकार निम्नवत है–पुरातत्व इतिहास एवं भूगोल; कला; बौद्धधर्म; जैनधर्म; भाषाएँ; साहित्य; दर्शनशास्त्र; धर्म एवं पौराणिक कथायें; विज्ञान; सामाजिक विज्ञान एवं स्मृति ग्रन्थों, शब्दकोशों, क्विरणपंज्जिकाओं एवं वाङ्मयसूचियों की सूचियाँ ।

Annual Bibliography of Indlogy के इस दूसरे खण्ड को डा. गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ इलाहाबाद द्वारा प्रकाशित पत्रिका के पूरक खण्ड के रूप में सन् 1976 में प्रकाशित किया गया है तथा इसी खण्ड को "The Journal of the Ganganath Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeeth, Allahabad" नामकरण किया गया है । खण्ड के अन्त में पृष्ठ संख्या 769-786 तक स्मृति ग्रन्थों, शब्दकोशों, पंज्जिकाओं एवं वाङ्मयसूचियों की विस्तृत सूची, पृष्ठ संख्या 787 से 867 लेखक अनुक्रमणिका तक सामान्य अनुक्रमणिका सूची प्रस्तुत है ।

इस प्रकार यह कृति संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के अध्ययन एवं शोध में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है ।

5. बृहद हिन्दी ग्रन्थ सूची / यशपाल महाजन; सम्पादक–दिल्ली : भारतीय ग्रन्थनिकेतन, 1965 ।

भारतवर्ष में हिन्दी में प्रकाशित पाँच सौतीस प्रकाशकों की चौबीस हजार कृतियों की यह एक विस्तृत वाङ्मयसूची है तथा यह हिन्दी प्रकाशनों की एक महत्वपूर्ण

वाङ्मयसूची है। इसके अतिरिक्त हिन्दी कोष, हिन्दी साहित्य आलोचना ग्रन्थसूची, हिन्दी उपन्यासकोष तथा हिन्दी आलोचना कोष जैसे हिन्दी साहित्य की महत्वपूर्ण वाङ्मयसूचियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं।

6. **हिन्दी विब्लियोग्राफी या हिन्दी साहित्य सारिणी । पीताम्बर नरायण शर्मा; सम्पादक. होशियारपुर : विश्वेश्वरानन्द इन्स्टीट्यूट, 1971-74, (दो भाग) ।**

प्रस्तुत वाङ्मयसूची में 1964 तक के हिन्दी प्रकाशनों को तालिकाबद्ध किया गया है । परन्तु वर्तमान परिवेश में यह सूची 36 वर्ष पुरानी हो चुकी है । फिर भी यह एक महत्वपूर्ण कृति है ।

7. **भारतीय साहित्य का अन्तर्राष्ट्रीय विश्वकोश / गंगा राम गर्ग – दिल्ली : मित्तल प्रकाशन, 1986 ।**

प्रस्तुत कृति भारतीय साहित्य का एक महत्वपूर्ण वाङ्मय सूची है तथा इसको कुल सात खण्डों में संकलित किया गया है । इसके प्रथम खण्ड के दो भागों में संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं अपभ्रंश के ग्रन्थकारों एवं उनके ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है । साथ ही साथ उन विदेशी ग्रन्थकारों का भी उल्लेख किया गया है जिनके द्वारा भारतीय साहित्य के विकास में योगदान किया गया है ।

इसी प्रकार इसके खण्ड दो एवं तीन में तमिल एवं कन्नड़ भाषा के ग्रन्थकारों एवं ग्रन्थों से सम्बन्धित विवरण प्रस्तुत किया गया है । जबकि खण्ड चार, पाँच, छः सात में तेलगू, मलयालम, असमियाँ, गुजराती के ग्रन्थकारों एवं उनके ग्रन्थों से सम्बन्धित सूचनों का उल्लेख प्रस्तुत है ।

8. **Bibliography of Religion /Jamshedji E. Saklatwalla. Bombay : Allen Press, 1922. xviii, 142 p.**

प्रस्तुत कृति धर्मशास्त्र विषय से सम्बन्धित विषय वाङ्मयसूची का एक प्रमुख उदाहरण है तथा इसमें सन् 1922 तक के धर्मशास्त्र के प्रकाशित ग्रन्थों को तालिकाबद्ध किया गया है ।

9. **Bibliographical Survey of Adaita Vedanta and Literature / R. Thangaswami.–Madras : University of Madras, 1980. (Sanskrit Series No. 36)**

अद्वैत वेदान्त एवं प्राच्य साहित्य से सम्बन्धित यह कृति विषय वाङ्मयसूची का एक प्रमुख उदाहरण है तथा इसको मद्रास विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत ग्रन्थमाला क्रम 36 के रूप में सन् 1980 में प्रकाशित किया गया है।

10. **The Encyclopaedia of Indian Philosophies-Bibliography of Indian Philosophies/Karl H. Potter.-Delhi : Motilal Banarasidas, 1970. (Vol. 1).**

प्रस्तुत कृति मुख्य रूप से तो दर्शनशास्त्र का एक विश्वकोश है, परन्तु इसके प्रथम खण्ड में भारतीय दर्शनशास्त्र के विभिन्न शाखाओं के सम्बन्ध में विस्तृत वाङ्मयात्मक सूचनाएँ प्रस्तुत-किये गये हैं।

11. **Bibliography of Indian Books. - Varanasi : Indian Bibliographic Centre, 1969. (Annual).**

इस वाङ्मय सूची में भारतीय विद्या से सम्बन्धित अंग्रेजी में प्रकाशित ग्रन्थों को ही सूचीकृत करके तालिकाबद्ध रूप में प्रस्तुत किया गया है । सरकारी प्रकाशनों, बच्चों के साहित्य तथा विद्यालयों के पाठ्य ग्रन्थों को इसमें सम्मिलित करने पर बल नहीं दिया गया है। लेकिन कुछ सीमा तक सरकारी प्रलेखों के अन्तर्गत भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ग्रन्थों को इसमें तालिका बद्ध किया गया है ।

12. **Indological Studies and South Asia : Bibliography.-Kolkata : National Library, 1988.**

यह वाङ्मय सूची राष्ट्रीय पुस्तकाल, कोलकाता द्वारा सन् 1988 में प्रकाशित हुआ है तथा इसमें दक्षिण एशिया तथा भारतीय विद्या से सम्बन्धित राष्ट्रीय पुस्तकालय में संगृहीत ग्रन्थों पर आधारित निर्मित प्रविष्टियों को तालिकाबद्ध रूप में प्रस्तुत की गयी है ।

13. **Guide to Indian Periodical Literature.-Gurgaon, 1964.**

यह कृति हरियाणा के गुड़गाँव से भारतीय पत्रिकाओं के त्रैमासिक अनुक्रमणिकाकरण के रूप में प्रकाशित होना प्रारम्भ हुआ है । इसमें विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी से सम्बन्धित सामयिकियो को तालिकाबद्ध किया गया है तथा इसी के आधार पर इसका वार्षिक संचयी अंक को भी प्रकाशित किया जाता है ।

14. **Indian Periodicals in Print/H.N. D. Gandhi; Compiler.–Delhi : Vidya Mandal, 1973. (Two Volumes).**

यह ग्रन्थ भारतीय सामयिकों की विस्तृत वाङ्मय सूची है तथा भारत में प्रकाशित किये जाने वाली सभी भाषाओं एवं विषयों की कुल लगभग 16500 सामयिक पत्रिकाओं को इसके प्रथम खण्ड में सूचीबद्ध किया गया है । इसी प्रकार इसके दूसरे खण्ड में प्रकाशनों के स्थान तथा पत्र पत्रिकाओं के विषयानुसार अनुक्रमणिका सूची को व्यवस्थित क्रम में प्रस्तुत किया गया है ।

15. **A Bibliography of Sanskrit Works on Astronomy and Mathematics/ S.N. Sen et al.-New Delhi : N.C. H.S., 1966. (pt-1.).**

प्रस्तुत कृति नक्षत्र विज्ञान एवं गणित विषय से सम्बन्धित संस्कृत में प्रकाशित ग्रन्थों

की एक विषय वाङ्मयसूची है तथा इसे सन् 1966 में नई दिल्ली से प्रकाशित किया गया है । इस वाङ्मयसूची में सन् 1966 तक या इससे पूर्व प्रकाशित ग्रन्थों के प्रविष्टियों को व्यवस्थित क्रम में प्रस्तुत किया गया है ।

16. **Bibliography of Alankara Sastra/Radha Vallabh Tripathi.-Delhi : Pratibha Prakashan, 2002. 64p.**

प्रस्तुत कृति संस्कृत साहित्य के विषय वाङ्मयसूची का एक प्रमुख उदाहरण है तथा इसे सन् 2000 में दिल्ली के प्रतिभा प्रकाशन से प्रकाशित किया गया है । इसमें प्रविष्टियों को प्रस्तुत करने में कुल (64) पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

यह कृति संस्कृत साहित्य में अध्ययन, अध्यापन एवं शोध में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी सन्दर्भ स्रोत हैं ।

17. **Bibliography of Sanskrit Drama / Radha Vallabh Tripathi and Nil Kantha Das.-Delhi : Pratibha Prakashan, 1999, 72 p.**

यह कृति संस्कृत नाटकों से सम्बन्धित विषय वाङ्मयसूची का एक उदाहरण है तथा इसे सन् 1999 में दिल्ली के प्रतिभा प्रकाशन से प्रकाशित किया गया है । इसमें प्रविष्टियों के प्रस्तुतीकरण में कुल (72) पृष्ठों का उपयोग हुआ है । इसमें संस्कृत नाटकों से सम्बन्धित 1999 से पूर्व प्रकाशित ग्रन्थों, शोधलेखों तथा सम्मेलनकार्यवाहियों को विशेष रूप से सम्मिलित किया गया है ।

18. **A Bibliography of Sanskrit Language and Literature / Satya Prakash; Editor.-Australia : National Library of Australia, 1927, 296 p.**

प्रस्तुत कृति संस्कृत भाषा एवं साहित्य का एक अन्तर्राष्ट्रीय विषय वाङ्मयसूची है तथा इसे सन् 1927 में अस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित किया गया है। सन् 1927 या उससे पूर्व आस्ट्रेलिया में प्रकाशित संस्कृत भाषा एवं साहित्य के ग्रन्थों से सम्बन्धित प्रविष्टियों को इस वाङ्मयसूची में व्यवस्थित क्रम में प्रस्तुत किया गया है । इसमें कुल (296) पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

19. **Bibliography of Nayaya Philosophy.-Kolkata : National Library, 1993.**

यह कृति न्यायदर्शन शास्त्र से सम्बन्धित विषय वाङ्मयसूची का एक प्रमुख उदाहरण है । इसमें राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकता के संस्कृत, पालि तथा प्राकृत विभाग में संगृहीत न्याय दर्शनशास्त्र के सभी ग्रन्थों का तालिकाबद्ध सूची संलग्न है । इसे राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता द्वारा सन 1993 में प्रकाशित किया गया है।

यह भारतीय दर्शनशास्त्र विशेषकर न्याय दर्शन के अध्येताओं के लिए एक उत्तम वाङ्मयसूची है।

20. **Bibliography of books, papers and other contributions of Dr. V. Raghavan / P.B.- Sen; Compiler.-1968, 370 p.**

21. **Malviyana : Bibliography of Pandit Madan Mohan Malviya / P.N. Kaula; Compiler.-1962, 550 p.**

22. **A Bibliography of Bibliographies/J.G. Barrows.-Michigan : Ann Arbor, 1955, 489 p.**

यह कृति वाङ्मय सूचियों की वाङ्मय सूची है तथा इसमें 15वीं सदी से लेकर 20वीं सदी तक धर्मशास्त्र के क्षेत्र की कृतियों की वाङ्मयसूचियों को सूचीबद्ध किया गया है। अनेक भाषाओं तथा इसाई धर्म के अतिरिक्त अन्य धर्मों के वाङ्मय सूचियों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है । इसमें प्रविष्टियों का व्यवस्थापन विषय शीर्षकों तथा प्रकाशनों की तिथि के अनुसार अनुवर्णिक क्रम में प्रस्तुत किया गया है ।

23. **Introduction to the Civilization of India : South Asia : An Introductory Bibliography, 1962.**

यह भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से सम्बन्धित एक अन्तर्राष्ट्रीय विषय वाङ्मयसूची है।

24. **Bibliographies of Theses and Dissertations / Association of Indian Universityes, 1857-1986.**

25. **Bibliographies of dictionaries and encyclopaedias in Indian Languages.-Kolkata : National Library, 1964.**

26. **Bibliographie Boudhique I-xxxi. Paris.**

यह कृति बौद्ध धर्म से सम्बन्धित अन्तर्राष्ट्रीय विषय वाङ्मयसूची का एक प्रमुख उदाहरण है तथा इसे फ्रांस की राजधानी पेरिश से प्रकाशित किया गया है । इसमें फ्रेंच भाषा में उपलब्ध बौद्ध धर्म से सम्बन्धित प्रकाशित ग्रन्थों के प्रविष्टियों को प्रस्तुत किया गया है ।

27. **Bibliography of Buddhism / Shinsho Hanayama; Editor.- Tokyo : The Hokuseiodo Press, 1961.**

प्रस्तुत कृति बौद्धधर्म से सम्बन्धित अन्तर्राष्ट्रीय विषय वाङ्मयसूची का प्रमुख उदाहरण है । इस वाङ्मय सूची की मुख्य विशेषता यह है कि इसे जापान के टोकियो शहर में स्थित होकुसेडो प्रेस से सन 1961 में प्रकाशित किया गया है । इसके सम्पादक शिन्शो हानयामा हैं।

इस कृति में सन् 1961 या उससे पूर्व में प्रकाशित बौद्ध धर्म से सम्बन्धित ग्रन्थों या शोध लेखों को जो अंग्रेजी भाषा में मुद्रित थे उनको संकलित करके इस अन्तर्राष्ट्रीय विषय वाङ्मयसूची को निर्मित किया गया है । इसमें बौद्धधर्म से सम्बन्धित संकलित ग्रन्थों को

विषयानुसार व्यवस्थित करके प्रविष्टियों को प्रस्तुत किया गया है । बौद्ध धर्म के अध्येताओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है।

10. हस्तलिखित ग्रन्थों की वाङ्मयसूची एवं विवरण पंज्जिकाएँ (Bibliographies and Descriptive Catalogues of Sanskrit and Indological Manuscripts)-

भारत वर्ष में प्राच्य भाषा एवं साहित्य की अनेक भाषाओं में पाण्डुलिपियों का विशाल भण्डार पड़ा है तथा संस्कृत, पालि एवं प्राकृत भाषा में इनकी संख्या बहुत अधिक है। प्राच्य ज्ञान की प्राप्ति की दृष्टि से इनका बहुत अधिक महत्व है, परन्तु ये एक स्थान पर उपलब्ध न होकर अलग-अलग पूरे विश्व में बिखरे पड़े हैं । विश्व के बहुसंख्य ग्रन्थालयों में इन पाण्डुलिपियों से सम्बन्धित विस्तृत एवं संक्षिप्त वाङ्मयसूची एवं विवरण पंज्जिका निर्मित की गयी हैं, लेकिन एक संगठित संघ सूची का अब भी अभाव महसुश किया जाता है। कुछ हद तक इस क्षेत्र में अभाव को दूर करने के लिए "कैटेलॉगस कैटेलोगोरम" नामक एक विस्तृत वाङ्मयसूची को 1891 से 1903 के मध्य तीन खण्डों में प्रकाशित किया गया है। "कैटेलोगस कैटेलागोरम्" 19वीं शताब्दी के अन्ततक भारत में जिनकी विविध पाण्डुलिपियों की सूचियाँ प्रकाशित हुई उनमें उलिल्खित सभी ग्रन्थों की सर्वकष बृहतक सूची का सम्पादन करने का अपूर्व कार्य डा. थियोडोर आफ्रेट ने प्रारम्भ किया । सन 1891, 1996 और 1903 में इसके प्रथम तीन खण्ड, कैटेलोगस कैटेलागोरम के नाम सेलिपिझिंग (जर्मनी) में प्रकाशित हुए ।

इस कृति की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें भारत तथा यूरोप के ग्रन्थालयों मे उपलब्ध संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है ।

न्यू कैटेलोगस कैटेलागोरम (New Catalogus Catalogorum)-

सन् 1935 से डा. थियोडोर आफ्रेट की सूची की सुधारित और संबंधित आवृति सम्पादित करने का कार्य डा. कुनहन राजा और डा.वी. राघवन के नेतृत्व में मद्रास विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा प्रारम्भ हुआ तथा इसको न्यू कैटेलोगस कैटेलागोरम का नाम दिया गया । इस प्रकार इसके प्रथम-खण्ड का प्रकाशन-मद्रास विश्वविद्यालय के संस्कृत सीरिज द्वारा सम्पन्न हुआ । इस प्रथम खण्ड के अन्तर्गत केवल अकारादि नामक ग्रन्थों की प्रविष्टियों को व्यवस्थित किया गया है । इस परियोजना को आगे बढ़ाते हुए अब तक कुल 19 खण्ड प्रकाशित किये जा चुके हैं ।

इसी प्रकार पोलमैन द्वारा संकलित Census of Indian Manuscripts in the United Satates and Canada, 1938 भी एक महत्वपूर्ण वाङ्मयसूची है तथा इसे कुल (542) पृष्ठों में प्रकाशित किया गया है।

Catalogus Codiceem Sanskritcorum 1864 में ऑक्सफोर्ड से प्रकाशित Catalogi Codicum Manuscriptorium का आठवाँ भाग भी संस्कृत पाण्डुलिपियों के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की वाङ्मयसूची है ।

भारत तथा विश्व के अनेक देशों में संस्कृत तथा प्राच्य विद्या से सम्बन्धित शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालयों, शोध-संस्थानों, ग्रन्थालयों एवं सूचना केन्द्रों द्वारा पाण्डुलिपियों की पृथक-पृथक विवरण पंजिकायें तैयार करायी गयी हैं । उदाहरणार्थ–

1. सरकारी म्यूजीयम, अलवर, राजस्थान।
2. गॉवरनमेन्ट ओरियन्टल मनुस्क्रीप्ट लाइब्रेरी, मद्रास ।
3. गुजरात विद्यासभा, अहमदाबाद ।
4. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकता ।
5. डा. गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, इलाहाबाद ।
6. डा. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ।

यद्यपि हस्तलिखित ग्रन्थों को सूचीकृत करने का कार्य संस्कृत जगत के इतिहास में अति प्राचीन है । उन दिनों में प्राचीन राजा, महाराजाओं और मठाधिपतियों ने अपनी-अपनी पद्धति के अनुसार अपने-अपने राज्यों में हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का संचयन करवाये। मुस्लिम कालीन शासनकाल में अनेक स्थानों का विध्वंस तथा राज्य-कर्ताओं की असहिष्णुता एवं असंस्कृता के कारण हस्तलिखित ग्रन्थों के अनेक संग्रह नष्ट कर दिये गये थे । फिर भी जो संग्रह सुरक्षित बचे रहे उन सभी को सूचीबद्ध करना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य माना गया । संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित हस्तलिखित ग्रन्थों के संकलन, सुरक्षा एवं उपयोग हेतु प्राच्य भारतीय विद्वानों के साथ ही साथ पश्चिमी जगत के प्राच्य विद्वानों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान किये हैं। इनमें से एस. जैकोबी, व्ही. फासबोल, जॉन सी. नेसफील्ड, फ्रेडिक लेबीज जैसे प्रमुख पाश्चात्य विद्वान रहे हैं तथा इन पाश्चात्य विद्वानों द्वारा अपनायी गयी पद्धति से इस समस्त गतिविधियों को आगे बढ़ाने वाले भारतीय विद्वानों में म. म. गौरी शंकर हीरा चन्द ओझा, पं. देवीप्रसाद, डा. श्याम सुन्दर दास, डा. पिताम्बर दत्त, डा. प्रबोध चन्द्र, मुनि जिनविजय, राम शास्त्री बागची, आचार्य विश्वबन्धु शास्त्री, डा. धर्मेन्द्र, पं. राधाकृष्ण, एच. आर. रंगास्वामी अय्यंगार, के. भुजबली शास्त्री, डा. रा. ना., दांडेकर, इत्यादि इन अग्रणी विद्वानों के योगदानों के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता है ।

10.1 Catalogus Catalogorum / Theodore Aufrecht.-Germany : Leipzig : Academies of Gottingen, Lipzig, Munich and Vienna, 1903. (03 Volumes).

यह कृति संस्कृत के लेखकों एवं उनके कृतियों के अकारादि पंज्जिका के रूप में विश्व प्रसिद्ध रचना है। मुख्य रूप से यह सन् 1902 तक भारतीय हस्तलिखित ग्रन्थों से

सम्बन्धित प्रकाशित सूचियों एवं विवरण पंज्जिकाओं पर आधारित है तथा यह पूरे विश्व में संस्कृत साहित्य में रूचि रखने वाले पाठकों के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय सन्दर्भ स्रोत है ।

इस कृति को प्रस्तुत करने का पूरा-पूरा श्रेय डा. थियोडोर आफ्रेट को जाता है जिन्होंने अपने लगन एवं कड़ी मेहनत से इस अद्वितीय रचना को तैयार किया है। यह रचना एक प्रकार पूरे विश्व में संकलित एवं सुरक्षित भारतीय पाण्डुलिपियों से सम्बन्धित एक विस्तृत वाङ्मयसूची है, जिसे 1891 से 1903 के मध्य तीन खण्डों में प्रकाशित किया गया है। इस रचना की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें भारत तथा यूरोप के ग्रन्थालयों में संगृहीत संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के हस्तलिखित ग्रन्थों को तालिकाबद्ध किया गया है।

कैटोलोगस कैटेलागोरम (प्रथम खण्ड)- इस अन्तर्राष्ट्रीय वाङ्मयसूची के प्रथम खण्ड के संकलन में लगभग कुल तीस वर्षों का समय लगा । इस प्रथम खण्ड में विश्व के कुल (55) ग्रन्थालयों के हस्तलिखित ग्रन्थों के विवरण पंज्जिकाओं को सम्मिलित किया गया है जिनका विवरण इस प्रकार निम्नवत है–

1. Jones
2. Mack
3. Copenh
4. Peter
5. I.O.
6. W
7. Oxy
8. Camber
9. Paris
10. Hall
11. L
12. Khn
13. K
13. K
14. Kh
15. B
16. Report
17. Ben
18. Lgr
19. Bik
20. Tub
21. Haug
22. Katn
23. Pheh
24. Radh
25. Nw
26. Oudh
27. Np
28. Brl
29. Burnel
30. BL
31. BA
32. Gn
33. Mysore
34. Lahor
35. Bh
36. P
37. Bhk
38. Bhr
39. Poona
40. Kaein
41. Lahor
42. Bonn
43. Jac
44. H
45. Vienna.
46. Taylor
47. Oppert
48. Rice
49. Peters
50. W
51. BP
52. Buhler
53. SB
54. D
55. Suchipattra.

इन सभी विवरणपंज्जिकाओं में सूचीकृत हस्तलिखित ग्रन्थों के शीर्षकों को इस खण्ड में देवनागरी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कर पृष्ठ संख्या एक से सात सौ उनहत्तर तक प्रस्तुत किया गया है । इसी प्रकार से इसमें संशोधन एवं विस्तार (Aldidons and Corrections) को पृष्ठ संख्या 770 से 795 पर संलग्न किया गया है।

कैटेलोगस कैटेलागोरम (द्वितीय खण्ड)-

वाङ्मयसूची के इस खण्ड में भारत के विभिन्न ग्रन्थालयों में संगृहीत संस्कृत हस्तलिखित ग्रन्थों तथा उनके ग्रन्थकारों से सम्बन्धिथ सूचनाओं को महत्वपूर्ण प्रविष्टियों के रूप में प्रस्तुत किया गया है । प्रत्येक प्रविष्टी में हस्तलिखित ग्रन्थ के शीर्षक के साथ ही उसके लेखक तथा उपलब्धि स्थान का संकेत अंकित है ।

इस खण्ड में कुल बीस ग्रन्थालयों के विवरण पंज्जिकाओं को सम्मिलित किया गया है, जो कि इस प्रकार निम्नवत है–

1. ASB 2. Bhau 3. Dāji
4. BL 5. CS 6. Cuadd
7. Devipr 8. FL 9. GB
10. Gold Strucker 11. Govt. Or. Lib. Madras
12. Hz 13. I O 14. L 15. Lund
16. Oudh XX 17. Peters 18. Rgb
19. Stein 20. Ülwar 21. Weber.

इन सभी संक्षिप्तिकरण के पूर्ण विवरण इस कृति के प्रथम भाग में दिये जा चुके हैं। इस खण्ड में भी संस्कृत पाण्डुलिपि ग्रन्थों के शीर्षकों को देवनागरी वर्णमाला के क्रम में पृष्ठ संख्या 1 से पृष्ठ संख्या 185 तक प्रस्तुत किया गया है । जबकि पृष्ठ संख्या (185) से (1237) तक परिशिष्टों का उल्लेख किया गया है । तत्पश्चात अगले दो पृष्ठों में संशोधन से सम्बन्धित-सूचना अंकित है ।

कैटेलोगस कैटेलागोरम् (तृतीय खण्ड)-

तृतीय खण्ड इस वाङ्मयसूची की अन्तिम खण्ड है तथा इस खण्ड में संस्कृत हस्तलिखित ग्रन्थों के सूचनाओं को देवनागरी के वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कर प्रस्तुत किया गया है। निम्नलिखित उदाहरणों के माध्यम से इसे और आसानी से समझा जा सकता है–

1. Adyar Library 5. BC
2. AK 6. Bd
3. AS 7. Cr. Dr. P.
4. Ashburner 8. Edinburgh University Library.
9. HZ 10. IL 11. JL
12. LZ 13. Peters 14. Rep

15. Tb 16. F.W. Thomas

17. Tod 18. Whish.

इस कृति के तृतीय खण्ड में संस्कृत के हस्तलिखित ग्रन्थों के उन शीर्षकों को सूचीकृत किया गया है जिनको प्रथम या द्वितीय खण्ड में सम्मिलित करना सम्भव न हो सका। इसमें शीर्षकों से सम्बन्धित प्रविष्टियों को देवनागरी के वर्णानुक्रम में व्यवस्थित करके पृष्ठ संख्या एक से लेकर एक सौ उनसठ तक प्रस्तुत किया गया है । जब कि पृष्ठ संख्या (160) से (161) तक संशोधन एवं विस्तार की सूचना वर्णित है । परन्तु इसमें अंकित संशोधन एवं विस्तार के अन्तर्गत इसके तीनों खण्डों में निहित महत्वपूर्ण तथ्यों को विशेष स्थान दिया गया है ।

इस प्रकार यह कृति भारतीय हस्तलिखित संस्कृत ग्रन्थों से सम्बन्धित विभिन्न सूचनाओं को उपलब्ध कराने में केवल भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में एक महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय वाङ्मयसूची के रूप में विख्यात है।

10.2. The new catalogus catalogorum : An Alfabetical Register of Sanskrit and Allied Works and Authors/V. Raghavan.-Madras : University of Madras, 1949. (Ninteen Volumes).

"न्यू कैटेलोगस कैटेलागोरम" पूर्व में डा. थियोडोर द्वारा प्रकाशित कैटेलोगस कैटेलागोरम की सुधारित और संवर्धित स्वरूप है । सन् 1935 से इसे सम्पादित करने का कार्य मद्रास विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रो. कुनहन राजा एवं प्रो. वी. राधवन के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ तथा इसके प्रथम खण्ड को मद्रास विश्वविद्यालय के संस्कृत सीरिज के रूप में प्रकाशित किया गया । इस प्रथम खण्ड में केवल अकरादि नामक ग्रन्थों की प्रविष्टियों को व्यवस्थित क्रम में प्रस्तुत किया गया है । इस परियोजना के अन्तर्गत अब तक कुल उन्निस खण्डों को प्रकाशित किया जा चुका है ।

इस प्रकार इस वाङ्मय सूची के कुल तेरह खण्डों को सन् 1949 से लेकर सन् 1991 तक प्रकाशित किया जा चुका है जबकि शेष छ खण्डों सन् 1991 के पश्चात् प्रकाशित किया गया है। इसके प्रथम खण्ड में निर्मित प्रविष्टियों के अन्तर्गत 'अ' से प्रारम्भ होकर 'आ' से समाप्त होने वाले हस्तलिखित ग्रन्थों के शीर्षकों को सम्मिलित करके वर्णानुक्रम में उनको व्यवस्थित किया गया है।

प्रथम खण्ड से लेकर उन्निसवें खण्ड के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के व्यवस्थित क्रम को निम्न तालिका के माध्यम से असानी से समझा जा सकता है–

खण्ड	अक्षर क्रम	पृष्ठ सं.	वर्ष	सम्पादक
1.	अ-आ	380	1949	डा. वी. राघवन
2.	आ-उ	415	1966	,,

3.	उ-क	398	1967	,,
4.	का-कृ	374	1968	,,
5.	कृ-गा	359	1969	,,
6.	गा-च	412	1971	आ.के. कुन्जुन्नी राजा
7.	चा-ञ	389	1973	,,
8.	ट-द	371	1974	,,
9.	दा- न	419	1977	,,
10.	ना-न्वा	317	1978	,,
11.	प - प	220	1983	,,
12.	पा - प्र	308	1988	डा.एन. विजीनाथन
13.	प्र - बा	316	1991	,,

इसी प्रकार इसके शेष खण्डों में 'बा' से लेकर 'ज्ञ' अक्षर के हस्त लिखित ग्रन्थों के शीर्षकों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कर सम्बन्धित सूचनाओं को प्रस्तुत किया गया है। इसके उपयोग कर्ताओं द्वारा इसके उपयोग के समय अधिक असुविधा न हो इसकेलिए इस वाङ्मय सूची का पूरक खण्ड भी प्रकाशित किया गया है । इस पूरक खण्ड को मद्रास विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सन 1984 में प्रकाशित किया गया है।

इस पूरक खण्ड के अन्तर्गत ABN से लेकर YELLAPPA के शब्दक्रम को वर्णनानुक्रम में सूचीकृत किया गया है । ABN से लेकर YELLAPPA के शब्दक्रम भारत तथा विश्व के विभिन्न ग्रन्थालयों में संगृहीत संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के हस्तलिखित ग्रन्थों के विवरण पंजिकाओं का संक्षिप्त रूप हैं ।

इसके अतिरिक्त इसमें विषय अनुक्रमणिकासूची, प्रकाशन-विवरण, ग्रन्थमाला, प्रकाशन स्थानों, संस्थाओं तथा संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित पत्रिकाओं से सम्बन्धित विस्तृत सूची संलग्न है ।

अतः यह रचना निश्चित रूप से संस्कृत के अध्येताओं के लिए एक सर्वोत्तम सन्दर्भ स्रोत हैं ।

11. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संस्कृत हस्तलिखित ग्रन्थों के विवरणपंजिका का संक्षिप्त परिचय-

वर्तमान संस्कृत विश्वविद्यालय का सरस्वती भवन ग्रन्थालय संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के संग्रह के लिए केवल भारत में नहीं अपितु पूरे विश्व में

विख्यात है क्योंकि कुल संगृहीत पाण्डुलिपियों की संख्या 1,11,132 है जिनको सन् 1791 से लेकर 1950 तक देश के विभिन्न भागों से संस्कृत के कर्मठ तथा मूर्धन्य विद्वानों ने स्वयं जा जाकर सर्वेक्षण एवं संग्रह कराया है ।

इस प्रकार सरस्वती भवन ग्रन्थालय में कुल 1,11,132 हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ संगृहीत हैं। इन पाण्डुलिपियों के अधिकाधिक उपयोग हेतु एक बहुखण्डीय संस्कृत ग्रन्थानाम हस्तलिखित विवरण पंजिका को तेरह खण्ड तथा इकतीस भागों में प्रकाशित किये जा चुके हैं। इन विवरण पंज्जिकाओं में कुछ खण्डों के चार भाग, कुछ के तीन भाग, कुछ के दो भाग तथा खण्ड दस एवं तेरह एक खण्डीय विवरण पंज्जिका है । इन विवरण-पंज्जिकाओं में हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध करने के लिए कुल बारह विन्दुओं को आधार बनाया गया है जिनका विवरण इस प्रकार निम्नवत है–

क्रम संख्या;आख्या या शीर्षक; लेखक या टीकाकार; पत्रसंख्या विवरण; आकार; पंक्ति संख्या; अक्षर संख्या, पाण्डुलिपिकी स्थिति; आधार, लिपिकाल; पूर्ण । अपूर्ण विवरण एवं विशेष टिप्पणी ।

इसमें प्रत्येक हस्तलिखित ग्रन्थ को कुल बारह विन्दुओं में बाँटकर उनका परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। क्रम सं., आख्या या शीर्षक खाने में हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का शीर्षक केवल संस्कृत में ही वर्णित हैं, जबकि अन्य खानों में सूचनाएँ हिन्दी में भी अंकित है, लेकिन-अंतिम खाना "विशेष विवरण" के अन्तर्गथ उपलब्ध सूचना संस्कृत भाषा में ही उल्लिखित हैं । इन इकतीस भागों में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत समस्त हस्तलिखित ग्रन्थों को विषयानुसार व्यवस्थित करके निम्नवत क्रम में प्रकाशित किया गया है–

विषय	खण्ड/भाग
1. वेद, उपनिषद्	1/4
2. कर्म काण्ड	2/4
3. धर्मशास्त्र	3/2
4. पुराणेतिहास और गीता	4/2
5. स्तोत्र साहित्य	5/4
6. तन्त्र शास्त्र	6/3
7. सांख्ययोग, पूर्वमीमांसा तथा वेदान्त दर्शन	7/2
8. न्याय-वैशेषिक दर्शन	8/2
9. ज्योतिषशास्त्र	9/2
10. व्याकरण शास्त्र	10./1

11. साहित्यशास्त्र 11/2
12. जैन दर्शन, भक्ति सम्प्रदाय,
    आयुर्वेद, कामशास्त्र आदि 12/2
13. वेद, कर्मकाण्ड, धर्मशास्त्र,
    तथा पुराणेतिहास 13/1

संस्कृत हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के विवरणपंज्जिकाओं का खण्ड एवं भाग नुसार विस्तृत विवेचन--

1. संस्कृत ग्रन्थानाम हस्तलिखित विवरणपंज्जिका (खण्ड-1, भाग-1)

इस विवरणपंज्जिका में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत वेद एवं उपनिषद के कुल (4443) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है। इसमें कुल (406) पृष्ठों का उपयोग किया गया है तथा इस भाग का मूल्य रू. 230/-मात्र है ।

2. विवरणपंज्जिका (खण्ड-1, भाग-2)

इस भाग के अन्तर्गत सरस्वती भवन में संगृहीत वेद एवं उपनिषद से सम्बन्धित कुल (1184) हस्तलिखित ग्रन्थों के सम्बन्ध में परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है तथा इस प्रथम खण्ड के द्वितीय भाग के अन्त में प्रथम खण्ड के प्रथम भाग तथा द्वितीय भाग दोनों में तालिकाबद्ध पाण्डुलिपियों से सम्बन्धित आख्या अनुक्रमणिका को अकारादि क्रम में व्यवस्थित किया गया है।

3. विवरणपंज्जिका (खण्ड-1, भाग-3)

प्रथम खण्ड के इस तीसरे भाग में सरस्वती भवन में संगृहीत वेदशास्त्र के कुल (3465) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण उपलब्ध कराया गया है तथा इसके संकलन में कुल 360 पृष्ठों का उपयोग किया गया है। यह सुपर रायल आकार में प्रकाशित किया गया है तथा इसका मूल्य रूप 56=00 मात्र है ।

4. विवरणपंज्जिका (खण्ड-1, भाग-4)

यह भाग प्रथम खण्ड का अन्तिम भाग है तथा इसके अन्तर्गत सरस्वती भवन में संगृहीत वेदशास्त्र के उन पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है, जिनको पूर्व के तीन भागों में स्थान नहीं मिल पाया था । इन पाण्डुलिपियों की कुल संख्या (2792) है तथा इसका मूल्य रू. 54=00 है । इसमें कुल 356 पृष्ठों का उपयोग किया गया है।

प्रथमखण्ड के दूसरे भाग के समान ही इस भाग में तृतीय एवं चतुर्थ भाग के अन्तर्गत सूचीबद्ध पाण्डुलिपियों के शीर्षकों का आकारादि क्रम से अनुक्रमणिका सूची संलग्न है ।

5. विवरणपंज्जिका (खण्ड-2, भाग-1)

सरस्वती भवन में संगृहीत कर्मकाण्ड के पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण इस भाग में उलिल्खित है । इसमें संकलित पाण्डुलिपियों की संख्या (3365) है तथा इसके संकलन में कुल 306 पृष्ठों का उपयोग किया गया है । इसका मूल्य रू.-200/= निर्धारित है ।

6. विवरणपंज्जिका (खण्ड-2, भाग-2)

विवरण पंज्जिका के इस भाग में सरस्वती भवन में संगृहित कर्मकाण्ड विषय के कुल (1703) पाण्डुलिपियों के परिचयात्मक विवरणों का उल्लेख किया है तथा इसमें कुल 220 पृष्ठों का प्रयोग हुआ है तथा इस भाग का मूल्य रू. 150/- है । इसके अन्त में प्रथम तथा इसमें संकलित पाण्डुलिपियों का आख्यानुसार अकारादि क्रम में अनुक्रमणिका भी संलग्न है ।

7. विवरणपंज्जिका (खण्ड-2, भाग-3)

इस भाग में भी कर्मकाण्ड विषय के पाण्डुलिपियों का ही परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है । इसके संकलन में कुल 384 पृष्ठों को उपयोग किया गया है तथा इसका मूल्य रू. 60=00 है इसमें कुल पाण्डुलिपियों की संख्या (4259) है ।

8. विवरणपंज्जिका (खण्ड -2, भाग-4)

इस खण्ड दो के अन्तिम भाग चार में कर्मकाण्ड विषय से सम्बन्धित पाण्डुलियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। इसमें संकलित पाण्डुलिपियों की कुल संख्या (4494) है । इसके अन्त में भाग तीन एवं इसमें उल्लिखित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के अनुसार अकारादि क्रम में अनुक्रमणिका सूची का भी उल्लेख किया गया है । इसमें कुल पृष्ठों की संख्या 400 है तथा इसका मूल्य रू. 70=00 है ।

9. विवरणपंज्जिका (खण्ड-3, भाग-1)

इस विवरण पंजिका के प्रथम भाग में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत धर्मशास्त्र विषय के पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण अंकित है तथा इसमें कुल-पाण्डुलपियों की संख्या-(2432) है। इसके संकलन में कुल 256 पृष्ठों का उपयोग किया गया है। इसका द्वितीय संस्करण अभी यन्त्रस्थ है ।

10. विवरणपंज्जिका (खण्ड-3, भाग-2)

सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत धर्मशास्त्र विषय से सम्बन्धित हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण अंकित है तथा खण्ड तीन एवं इसमें तालिकाबद्ध सभी हस्तलिखित ग्रन्थों को उनके शीर्षकों के आधार पर अकारादि क्रम में अनुक्रमणिका भी प्रस्तुत है । इसमें तालिकाबद्ध पाण्डुलिपियों की कुल संख्या (2659) है तथा इसमें कुल 320 पृष्ठों का उपयोग किया गया है । इस भाग का मूल्य रू. 60=00 है ।

11. विवरणपंजिका (खण्ड-4, भाग-1)

यह विवरण पंजिका चतुर्थ खण्ड का प्रथम भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत पुराणेतिहास एवं गीता के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। इसमें तालिकाबद्ध पाण्डुलिपियों की संख्या (3105) है तथा इसके संकलन में कुल 326 पृष्ठों का उपयोग किया गया है। तथा इसका मूल्य मात्र रू. 6=25 है । इस भाग के अन्त में इसमें संकलित पाण्डुलिपियों का उनके शीर्षकों के अनुसार वर्णानुक्रम में अनुक्रमणिका सूची भी व्यवस्थित है ।

12. विवरणपंज्जिका (खण्ड-4, भाग-2)

इस भाग में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत पुराणेतिहास एवं गीता के शेष पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध करके उनका परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस भाग की कुल पृष्ठ संख्या 472 है तथा इसका मूल्य रू. 70=00 है ।

इस भाग में तालिकाबद्ध पुराणेतिहास एवं गीता से सम्बन्धित कुल पाण्डुलिपियों की संख्या (4078) है तथा इसके अंतिम भाग में संकलित पाण्डुलिपि को उनको शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में अनुक्रमणिका भी संलग्न है । इसका जिल्दबन्दी बहुत मजबूत हैं तथा यह सुपर रायल आकार का है ।

13. विवरणपंज्जिका (खण्ड - 5, भाग-1)

यह विवरण पंजिका खण्ड पंचम का प्रथम भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत स्तोत्रों के कुल (3552) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है । इस भाग के संकलन में कुल 320 पृष्ठों का उपयोग किया गया है तथा इसका मूल्य रू. 7=25 है ।

14. विवरणपंज्जिका (खण्ड - 5, भाग-2)

इस पंचम खण्ड के भाग दो में भी सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत स्तोत्र के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है तथा प्रत्येक पाण्डुलिपि का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस भाग में स्तोत्र के कुल (2950) हस्तलिखित ग्रन्थों को संकलित किया गया है । इस विवरण पंज्जिका के अन्त में भाग एक एवं इसमें शामिल किये गये पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के अनुसार-वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या 1 से 58 तक अनुक्रमणिका भी प्रस्तुत है । इसमें कुल 318 पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा इसका मूल्य भी मात्र रू 7= 25 है ।

15. विवरणपंज्जिका (खण्ड - 5, भाग-3)

पंचम खण्ड के इस तृतीय भाग में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत (4940) स्तोत्र के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचययात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है । इन

सभी पाण्डुलिपियों के परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत करने में इसमें कुल 488 पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा इसका मूल्य रू. 72 = 00 है ।

16. विवरणपंज्जिका (खण्ड - 5 , भाग - 4)

यह भाग विवरण पंज्जिका के पंचम खण्ड का अन्तिम भाग है तथा इसमें स्तोत्र के शेष हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है। इसमें कुल (3017) पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है । इस भाग के अन्त में भाग तीन एवं इसमें सूचीबद्ध पाण्डुलिपियों को उनके शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या 01 से लेकर 88 अनुक्रमणिका भी व्यवस्थित है। इसमें कुल 392 पृष्ठ हैं तथा इसका मूल्य रू. 72=00 है ।

17. विवरणपंज्जिका (खण्ड-6 , भाग-1)

विवरण पंज्जिका के इस भाग में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत-तन्त्रशास्त्र विषय से सम्बन्धित हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण अंकित है तथा इस प्रथम भाग में तन्त्रशास्त्र के कुल (2862) पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है तथा इस भाग में इन (2862) पाण्डुलिपियों के शीर्षक के आधार पर वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या 01 से 42 तक अनुक्रमणिका भी संलग्न है । इस भाग का कुल पृष्ठ संख्या 298 है तथा इसका मूल्य रू. 180/=00 है ।

18. विवरणपंज्जिका (खण्ड 6 , भाग - 2)

प्रस्तुत विवरण पंज्जिका खण्ड 6 का दूसरा भाग है तथा इसमें तन्त्रशास्त्र के कुल (3849) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है तथा इसमें (3849) पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध करने में कुल 252 पृष्ठों का उपयोग हुआ है । इस भाग का मूल्य रू. 50=00 मात्र है ।

19. विवरणपंज्जिका (खण्ड-6 , भाग-3)

प्रस्तुत विवरण पंज्जिका खण्ड-6 का तृतीय भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत तन्त्रशास्त्र से सम्बन्धित कुल (2336) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है । इस भाग के अन्त में इसमें तथा दूसरे भाग में तालिकाबद्ध कुल हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के अनुसार वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या 1 से 93 तक अनुक्रमणिका व्यवस्थित है । इस भाग का कुल पृष्ठ संख्या (344) है तथा इसका मूल्य रू. 64=00 मात्र है ।

20. विवरणपंज्जिका (खण्ड 7 , भाग - 1)

प्रस्तुत विवरण पंज्जिका खण्ड सप्तम का प्रथम भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत तीन विषयों वेदान्त दर्शन, मीमांसा तथा सांख्ययोग के पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है । इस भाग में कुल 366 पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा इसका मूल्य रू. 70=00 मात्र है ।

इस विवरण पंज्जिका के अन्त में इसमें संकलित तीनों विषयों के पाण्डुलिपियों को उनके शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या, (1-23, 24-29 तथा 30-33) तक अनुक्रमणिका सूची भी प्रस्तुत है । इस प्रकार इस भाग में कुल (3540) पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है।

21. विवरणपंज्जिका (खण्ड-7, भाग - 2)

यह सूची खण्ड सप्तम का दूसरा भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय के मीमांसा दर्शन एवं वेदान्त दर्शन के शेष हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण अंकित है। इसमें कुल (2597) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है तथा उनके परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत करने में कुल (264) पृष्ठों का उपयोग किया गया है।

इस भाग के अन्त में इसमें सूचीबद्ध पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में पृष्ठ सं. (1-21) वेदान्त दर्शन तथा (23-26) तक मीमांसा दर्शन से सम्बन्धित अनुक्रमणिका को व्यवस्थित किया गया है। इस भाग का मूल्य रू. 50/= मात्र है।

22. विवरणपंज्जिका (खण्ड - 8, भाग - 1)

यह विवरण पंज्जिका आठवाँ खण्ड का प्रथम भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत न्याय-वैशेषिक-दर्शन से सम्बन्धित हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है । इसमें कुल (4146) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में निर्मित अनुक्रमणिका सूची पृष्ठ संख्या (1-28) पर वर्णित है।

23. विवरणपंज्जिका (खण्ड-8, भाग-2)

प्रस्तुत विवरण पंज्जिका खण्ड आठ का द्वितीय भाग है तथा इसमें न्याय-वैशेषिक दर्शन के कुल (4023) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है । पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के आधार पर इस भाग के अन्त में वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या (348-365) पर अनुक्रमणिका सूची संलग्न है । इसमें कुल पृष्ठों की संख्या 372 है तथा इसका मूल्य रू. 224=00 है ।

24 विवरणपंज्जिका (खण्ड - 9, भाग-1)

प्रस्तुत विवरण पंज्जिका नवमखण्ड भाग एक में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत ज्योतिष शास्त्र के कुल (3641) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण का उल्लेख किया गया है । इस भाग में ज्योतिषशास्त्र के इन हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध करने में कुल (374) पृष्ठों का उपयोग किया गया है ।

इस भाग के अन्त में इसमें संकलित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में निर्मित अनुक्रमणिका सूची पृष्ठ संख्या 1 से लेकर 36 पर संलग्न है । इसे सन् 1963 में प्रकाशित किया गया है।

25. विवरणपंज्जिका (खण्ड-9, भाग-2)

विवरणपंजिका के इस भाग में भी सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत ज्योतिष शास्त्र के शेष हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है । इसमें ज्योतिशशास्त्र के कुल (3781) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है। इसमें कुल पृष्ठों की संख्या 400 है तथा इसका मूल्य रू. 66=00 मात्र है ।

इस भाग के अन्त में इसमें संकलित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या 1 से 11 पर अनुक्रमणिका सूची को संलग्न किया गया है तथा इस भाग को सन् 1992 में प्रकाशित किया गया है ।

26. विवरणपंज्जिका (खण्ड -10)

प्रस्तुत हस्तलिखित विवरण पंज्जिका दशम खण्ड है तथा यह एक खण्डीय विवरण पंज्जिका है । इस दशम खण्ड में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत व्याकरण शास्त्र के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण अंकित है। इस खण्ड में व्याकरणशास्त्र के कुल (2521) हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध किया गया है तथा इसे सन् 1964 में प्रकाशित किया गया है । इसके संकलन में कुल (260) पृष्ठों का उपयोग किया गया है।

इस खण्ड के अन्त में इसमें तालिकाबद्ध पाण्डुलिपियों के शीर्षकों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कर पृष्ठ संख्या एक से लेकर अठारह तक अनुक्रमणिका सूची संलग्न है ।

27. विवरणपंज्जिका खण्ड-11 भाग-1)

प्रस्तुत विवरण पंज्जिका एकादश खण्ड का प्रथम भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत साहित्य शास्त्र के संस्कृत हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरणों का उल्लेख किया गया है । इस भाग में तालिकाबद्ध पाण्डुलिपियों की संख्या कुल (3816) है तथा इसके अन्त में वर्णानुक्रम में इनमें संकलित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के आधार पर पृष्ठ संख्या 1 से 25, 26-28 तथा 29 से 30 तक साहित्य ग्रन्थ अनुक्रमणिका सूची, कोश ग्रन्थ अनुक्रमणिका सूची तथा छन्दोग्रन्थ अनुक्रमणिका सूची भी संलग्न है ।

इस भाग के संकलन में कुल 394 पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा इसे सन् 1964 में प्रकाशित किया गया है ।

28. विवरणपंज्जिका (खण्ड - 11 भाग्य-2)

यह विवरण पंज्जिका एकादश खण्ड का दूसरा भाग है । इस भाग में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत साहित्य शास्त्र के शेष हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिका बद्ध करके उनके सम्बन्ध में परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है । इसमें संकलित कुल पाण्डुलिपियों की संख्या (3406) है तथा इस भाग को सन् 1996 में प्रकाशित किया गया

है। इसके संकलन में कुल (324) पृष्ठों का उपयोग किया गया है । यह विवरण पंज्जिका भी सुपर रायल आकार में प्रकाशित है तथा इसका मूल्य रू. 200/=00 मात्र है ।

प्रथम भाग के समान ही इस भाग के अन्त में इसमें संकलित संस्कृत साहित्यशास्त्र के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या (297) से लेकर (317) तक अनुक्रमणिका सूची संलग्न है।

29. विवरणपंज्जिका (खण्ड-12, भाग1)

प्रस्तुत भाग विवरणपंज्जिका के बारहवें खण्ड का प्रथम भाग है तथा इसमें सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत प्राच्य भारतीय विद्या के विभिन्न विषयों जैसे जैन दर्शन, भक्ति सम्प्रदाय, आयुर्वेद, कामशास्त्र, शिल्पशास्त्र संगीत शास्त्र, नीतिशास्त्र, धनुर्वेद विद्या, पंजी ग्रन्थ, प्रशस्ति ग्रन्थ, चित्र ग्रन्थ तथा देशी भाषाओं के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का परिचयात्मक विवरण है । इसमें संकलित कुल पाण्डुलिपि ग्रन्थों की संख्या (1650) है। इस भाग को सन् 1965 में प्रकाशित किया गया है तथा इसमें कुल (334).पृष्ठों का उपयोग हुआ है । इस भाग का मूल्य रू. 8=00 मात्र है ।

इस भाग के अन्त में इसमें संकलित हस्तलिखित ग्रन्थों के शीर्षकों के आधार पर वर्णानुक्रम में निर्मित आनुक्रमणिका सूची पृष्ठ संख्या एक से लेकर सैतालीस तक व्यवस्थित है। इस भाग का मूल्य रू. 8=00 मात्र है ।

30. विवरणपंज्जिका (खण्ड-12, भाग-2)

इस भाग में भी सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत प्राच्य भारतीय विद्या से सम्बन्धित विभिन्न विषयों जैसे–जैन दर्शन, भक्ति सम्प्रदाय, आयुर्वेद, कामशास्त्र, शिल्पशास्त्र, संगीतशास्त्र नीतिशास्त्र, धनुर्वेद विद्या, पंजीग्रन्थ, प्रशस्तिग्रन्थ, चित्र ग्रन्थ तथा देशी भाषाओं के शेष हस्तलिखित पाण्डुलिपि ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है । इसके संकलन में कुल (368) पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा इस भाग का मूल्य रू. 200=00 मात्र है । इसको सन् 1996 में प्रकाशित किया गया है ।

इस भाग के अन्त में इसमें संकलित कुल (3323) हस्तालिखित पाण्डुलिपियों में शीर्षकों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कर पृष्ठ संख्या 232 से 360 पर अनुक्रमणिका सूची संलग्न है ।

31. विवरणपंज्जिका (खण्ड-13)

प्रस्तुत विवरणपंज्जिका सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत हस्तलिखित ग्रन्थों के विवरण पंज्जिका का अन्तिम खण्ड है तथा इसमें प्राच्य भारतीय विद्या के कुल एक्कीस विषयों के कुल (5264) हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण अंकित है। एक प्रकार से यह क्रमिक विवरण पंज्जिका का पूरक खण्ड है । इस खण्ड की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसके 20वें अध्याय में प्रकीर्णग्रन्थों की सूची के अन्तर्गत कुल सतरह हस्तलिखित ग्रन्थ सूची, पुस्तक सूची अथवा प्रकीर्णपत्रों को तालिका बद्ध किया गया है जो

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में संस्कृत माध्यम से शोध अथवा अध्ययन में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिए बहुत उपयोगी है।

इस खण्ड के अन्त में इसमें संकलित हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के शीर्षकों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित कर पृष्ठ संख्या एक से लेकर एकहत्तर तक वर्णित है । इस खण्ड को सन् 1987 में प्रकाशित किया गया है तथा इसका मूल्य रू.76 = 00 मात्र है । यह खण्ड भी पहले के सभी भागों की तरह सुपर रायल आकार में प्रकाशित है ।

12. अन्य ग्रन्थालयों एवं शोध संस्थानों में संगृहीत हस्तलिखित ग्रन्थों की विवरणपंज्जिकायें–

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत संस्कृत पाण्डुलिपियों के लिए जिस तरह से विस्तृत विवरणपंज्जिका निर्मित किया गया है ठीक वैसे ही भारत के अन्य संस्कृत संस्थानों एवं ग्रन्थालयों में संगृहीत पाण्डुलिपियों हेतु एक खण्डीय से लेकर बहु खण्डीय तक अनेक विवरण-पंज्जिकाओं को निर्मित किया जा चुका है जिनका विवरण इस प्रकार निम्नवत है–

1. हस्तलेख संस्कृत ग्रन्थ विवरण / विराज मोहन एवं जगदीशचन्द्र; सम्पादक- कलकत्ता : संस्कृत कालेज, 1963, 144 पृ.।

2. हस्तलिखित संस्कृत ग्रन्थ सूची । नागरी प्रचारिणी सभा.-वाराणसी : नागरी प्रचारिणी सभा.-वाराणसी : नागरी प्रचारिणी सभा, 1974। (चार खण्डों में) ।

3. संस्कृत हस्तलिखित ग्रन्थ सूची/भुवनेश्वरी पीठ.-गोंडल : भवनेश्वरी पीठ, 1960, 120 पृ. ।

4. नेपाल राजकीय वीर पुस्तकालय, काठमाण्डू हस्तलिखित पुस्तकनाम वृहत् सूचीपत्रम्, 2018 वि.सं. (1960-64) (नौ खण्डों में) ।

5. प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों का विवरण / बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् - पटना : बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, 1958. (चार भागों में) ।

6. दरभंगाराज - हस्तलिखित ग्रन्थनाम सूचीपत्रम । कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय - दरभंगा : का.सि.सं. वि.वि., 1969, xv; 175 p.

7. Descriptive Catalogue of Manuscripts.-Poona : Bhandarkar Oriental Research Institute, 1949. (19 Volumes).

8. Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts in Central Library of Mumbai University, 1944, 877 p.

9. Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts/Ambalal P. Shah; Editor.–Ahmedabad : L.D. Institute of Indology, 1963. (4 Vols.)

10. Descriptive Catalogue of Sanskrit Manuscripts in the collection of Sanskrit College of Calcutta, 1963. (2 Volumes).

11. Descriptive Catalogues of Sanskrit Inscriptions/Pushendra Kumar.-Delhi : Nag Publishers, 1998. (Seven Volumes).

12. Catalogue of Sanskrit Manuscripts in the Deccan College Post-graduate and Research Institute. Poona : Deccan College, 1964. (Multi Volumes)

13. Descriptive Catalogue Sanskrit Manuscripts of Gujarat Vidya-Shabha Collection.-Gujarat : Gujarat Vidyasabha, 1964. (2 Vols.).

14. Descriptive Cotalogue of Sanskrit Manuscripts in the Osmaniya University Library.-Hyderabad : Sanskrit Academy, 1964. 328 p.

15. Catalogue of Sanskrit and Prakrit Manuscripts in the Rajsthan Orietal Research Institute.-Jodhpur, 1973 (2 Vols.)

16. Catalogue of Printed Books and Manuscripts in Sanskrit belonging to Central Library of Ariatic Society of Bengal. Calcutta. Baptist Mission, Press, 1904. (Multi volumes).

17. A Catalogue of Manuscripts in Akhil Bharatiya Sanskrit Parishad.-Lucknow. (Multi Volumes).

18. Descriptive Catalogue of Sanskrit Manuscripts of the Adyar Library and Research Centre.-Madras : Adyar Library and Research Centre, 1968. (Multi Volumes).

विशेषकर इस हस्तलिखित विवरणपंज्जिका में पाण्डुलिपियों की तालिका बद्ध सूची प्रस्तुत करने के लिए कुल तेरह विन्दुओं को उपयोग में लाया गया है जिनका विवरण निम्नवत है–क्रम संख्या / आगम संख्या; शीर्षक; लेखक; टीकाकार; आधार; लिपि; आकार; पत्र संख्या विवरण; पंक्ति संख्या; अक्षर संख्या; विस्तार; स्थिति एवं आयु तथा अतिरिक्त विवरण के आधार पर प्रत्येक पाण्डुलिपि से सम्बन्धित सूचना को अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया गया है।

19. अखिल भारतीय संस्कृत परिषद, लखनऊ के हस्तलिखित विवरण पंज्जिका :

इस पंज्जिका संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के कुल उन्निस विषयों के हस्तलिखित पाण्डुलिपियों से सम्बन्धित परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है । इस विवरण पंज्जिका में प्रत्येक पाण्डुलिपि के शीर्षकों को अंग्रेजी के साथ ही साथ संस्कृत अथवा हिन्दी में भी प्रस्तुत किया गया है । इसी प्रकार इसके अन्तिम खाने अतिरिक्त विवरण वाले स्तम्भ में अंकित सूचना को हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रस्तुत किया गया है।

इस विवरण पंज्जिका में भी हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तालिकाबद्ध करने के लिए कुल चौदह विन्दुओं का उपयोग किया गया है जो इस प्रकार निम्न हैं–

1. क्रम संख्या एवं विषय; 7. लिपि

2. आगम संख्या; 8. आकार

3. शीर्षक;
4. लेखक;
5. टीकाकार;
6. आधार;
9. पत्र संख्या विवरण
10. पक्ति संख्या
11. अक्षर संख्या
12. विस्तार
13. स्थिति एवं आयु
14. अतिरिक्त विवरण ।

इसके प्रत्येक खण्ड के अन्त में लेखक एवं आख्या अनुक्रमणिका का उल्लेख किया गया है ।

20. प्राचीन भारतीय लिपिमाला (The Palacography of India) / राय बहादुर पं. गौरी शंकर हीराचन्द ओझा.–नई दिल्ली : मुंशीराम मनोहर, 1894, तृतीय पुर्नसंस्करण 1971, 1994 LXXVP.

यह कृति संस्कृत साहित्य एवं भारतीय प्राच्य विद्या का एक अमूल्य निधि है, क्योंकि प्राचीनकालीन भारत के गौरवशाली तथा शृंखलाबद्ध इतिहास के सम्बन्ध में इसके माध्यम से पूरा-पूरा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है । इसवी सन् 1784 में सर विलियम जोन्स के नेतृत्व में कलकत्ता में ऐशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल नाम के समाज के स्थापना काल से ही इतिहास, शिल्प तथा साहित्य आदि के शोध के लिए सही अन्वेषण प्रारम्भ हुआ ।

इस ग्रन्थ की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें भारत वर्ष में लिखने की प्रचार की प्राचिनता से लेकर लेखन सामग्री के तक के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचनाओं को प्रस्तुत किया गया है । इसके साथ ही साथ इसमें प्राचीन काल से भारत में प्रचलित कुल पन्द्रह लिपियों, चौंतीस भारतीय संवतों तथा चौरासी लिपिपत्रों का भी उल्लेख किया गया है ।

इस कृति के संकलन में कुल (284) पृष्ठों का उपयोग हुआ है जिसमें पृष्ठ संख्या 199 के बाद 1 से 85 पृष्ठों पर लिपिपत्रों से सम्बन्धित सारणी संलग्न हैं। इन लिपिपत्रों में दिये हुए अक्षरो तथा अंकों का समय निर्णय करने में जिन लेखादि में निश्चित संवत मिले उनके तो वही संवत दिये गये हैं, परन्तु जिनमें संवत का कोई उल्लेख नहीं मिला उनके लिए लिपियों के आधार पर ही उनका काल निर्धारण किया गया है।

संस्कृत साहित्य एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित पाण्डुलिपियों के अध्ययन एवं शोध में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिए यह कृति निश्चित रूप से एक अमूल्य निधि हैं ।

□□

सप्तम अध्याय

जीवनी स्त्रोत
(Biographical Sources)

1. भूमिका-

जीवनी स्त्रोतों में किसी विषय अथवा क्षेत्र से सम्बन्धित महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवन एवं उनसे सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं को प्राप्त किये जा सकते हैं । शब्दकोशीय परिभाषा के अनुसार जीवनी स्त्रोत किसी व्यक्ति विशेष की सम्पूर्ण जीवन का लेखा-जोखा है। इसके अन्तर्गत महान पुरुषों, वैज्ञानिकों, राजनीतिज्ञों, विशेषज्ञों, साहित्यकारों, योद्धाओं, समाज वैज्ञानिकों तथा धर्मगुरुओं को शामिल किया जा सकता है । ऐसे व्यक्तियों के विषय में जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा को शांत करने के लिए सभी प्रकार के ग्रन्थालयों एवं सूचना केन्द्रों में जीवनी स्त्रोतों की आवश्यकता पड़ती है ।

ऑक्सफोर्ड इंगलिश डिक्शेनरी के अनुसार जीवनचरित का अभिप्राय पुरूषों के जीवन के इतिहास से है । लुइस शोर्स के अनुसार, "जीवनी स्त्रोत महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवन की संक्षिप्त रूप रेखा से लेकर पूर्ण सूचना प्रदान करने वाली वर्णानुक्रम में व्यवस्थित एक निर्देशिका है ।"

2. जीवनी स्त्रोतों का कार्य एवं क्षेत्र :

इन स्त्रोतों में महत्वपूर्ण व्यक्तियों की जन्मतिथि, योग्यताएँ, कार्यक्षेत्र, विशेषता, पता तथा देहावसान आदि के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना प्राप्त होती है। सन्दर्भ के ये स्त्रोत उद्यत सन्दर्भ स्त्रोत होते हैं। इन स्त्रोतों के उपयोग द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हो सकते हैं, उनका विवरण इस प्रकार निम्नवत है–

1. किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति का पूरा नाम क्या है ?
2. उसके माता-पिता कौन हैं ?
3. वह व्यक्ति कितनी शिक्षा प्राप्त किया है ?
4. वह व्यक्ति जीवन पर्यन्त किन-किन पदों पर सुशोभित रहा है ?
5. वह कहाँ-कहाँ निवास किया है ?
6. वह व्यक्ति विशेष द्वारा रचित ग्रन्थों की संख्या तथा उनके शीर्षक क्या हैं ?

इस प्रकार के जीवनी स्त्रोतों को महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जन्म दिवसों तथा विशेष अवसरों

पर भाषण देने अथवा लेख प्रस्तुत करने में बहुत अधिक सहायता मिलती है । कभी-कभी ऐसी कृतियों में अनुक्रमणिका के साथ ही साथ ही अनेक छाया चित्रों को भी व्यवस्थित किया गया होता है ।

3. जीवनी स्त्रोतों के विभिन्न प्रकार :

जीवनी स्त्रोतों के विभिन्न प्रकारों के अन्तर्गत सूचना के अनेक रूपों को जैसे विश्वकोश, शब्दकोश, निर्देशिकाएँ, हस्तलिखित ग्रन्थों, पचांग, सामाचारपत्रों एवं सामयिक प्रकाशनों तथा जीवनीकोशों को सम्मिलित किया जा सकता है । परन्तु ग्रन्थालयों में पाठकों द्वारा किसी व्यक्ति विशेष के बारे पूछे गये प्रश्नों के आधार पर इसे दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है, जैसे–

1. किसी व्यक्ति विशेष के सम्बन्ध में सामान्य सूचना, तथा
2. किसी व्यक्ति विशेष के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना ।

किसी व्यक्ति विशेष के सम्बन्ध में तात्कालिक जीवनी सन्दर्भ स्त्रोतों की सहायता से उतर प्रदान किये जाते हैं । इनमें जीवनीकोश, कौन क्या है ? तथा निर्देशिकाओं को सम्मिलित किया जा सकता है । जबकि किसी व्यक्ति विशेष के सम्बन्ध में जीवनपरक विस्तृत सूचना प्रदान करने के लिए उद्यत सन्दर्भ स्त्रोतों के अतिरिक्त जीवनी परक अन्य सन्दर्भ एवं सूचनास्त्रोतों का भी उपयोग किया जाता है । इनमें अद्यतन जीवनीकोश, राष्ट्रीय जीवनीकोश तथा अन्य मुद्रित साहित्य को सम्मिलित किया जा सकता है ।

4. जीवनी स्त्रोतों की प्रमुख विशेषताएँ :

1. विषय विशेष से सम्बन्धित जीवनी-स्त्रोतों में विषय विशेषज्ञों के बारे में विस्तृत सूचना उपलब्ध होती है, जबकि सामान्य कोश में सूचनाएँ न के बराबर मिलती है ।
2. राष्ट्रीय जीवनी कोश में किसी देश विशेष के व्यक्तियों के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना उपलब्ध होती है जबकि अन्तर्राष्ट्रीय जीवनीकोश में इसका अभाव रहता है ।
3. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के जीवनीकोशों में सभी देशों के व्यक्ति विशेषों के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना को न देकर उस देश के महत्वपूर्ण व्यक्तियों को विशेष स्थान दिया जाता है जहाँ से ये प्रकाशित होते हैं ।
4. किसी राज्य के एक निश्चित क्षेत्रों के अन्तर्गत व्यंक्ति विशेषों से सम्बन्धित जीवनपरक सूचनाएँ स्थानीय प्रकाशनों में अधिक विस्तृत रूप में उपलब्ध रहती हैं ।

5. समाचार पत्र तथा सामायिक साहित्य भी महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवन परक सूचना एवं योगदानों से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत हैं।
6. स्वर्गवासी महान आत्माओं से सम्बन्धित जीवनी परक सूचनाओं के लिए विश्वकोश भी एक महत्वपूर्ण स्रोत है ।

5. जीवनी स्त्रोतों के मूल्यांकन के जाँच बिन्दु :

निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर जीवनी स्रोतों से सम्बन्धित उपलब्ध विभिन्न सन्दर्भ कृतियों के मूल्यांकन का कार्य सम्पन्न किया जाता है ।

1. प्रामाणिकता—जीवनी स्रोतों में दी गयी सूचना सत्य एवं प्रामाणिक होनी चाहिए। इसका पता जीवनी स्रोतों के सम्पादक अथवा उनके उत्तरदायित्व कर्ताओं की योग्यताओं एवं अनुभव आदि के आधार पर निश्चित किया जाता है ।

2. विषय-क्षेत्र—जीवनी परक सन्दर्भ स्रोतों के विषय क्षेत्र की पूर्ण जानकारी निम्नांकित प्रश्नों के उत्तरों की सहायता से की जा सकती है-प्रस्तुत सन्दर्भ कृति के विषय की सीमायें क्या हैं ? इसमें निहित सूचना का भौगोलिक सीमा क्या है ? इसमें निहित सूचना किसी विषय विशेष से सम्बन्धित हैं अथवा नहीं ? निहित सूचना समकालीन हैं या अनुदर्शी है ?

3. संकलन-पद्धति—संकलन पद्धति से यह पता लगाया जाता है कि जीवनी कोशों में जिन महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवनपरक सूचनाओं एकत्रित करने का आधार क्या है? अर्थात् सूचनाओं का संकलन प्राथमिक स्रोतों पर आधारित है या द्वितीयक सूचना स्रोतों पर आधारित है ।

4. भौतिक आकार—जीवनी सन्दर्भ स्रोतों का मूल्यांकन करते समय उसके भौतिक आकार पर भी विचार किया जाता है । जैसे कृति में उपयोग की गयी कागज की गुणवत्ता, सुन्दर छपाई, तथा मजबूत जिल्दबन्दी आदि ।

5. विन्यसन—विन्यसन की अनेक विधियाँ उपलब्ध होने के कारण जीवनी स्रोतों में ग्रन्थकारों के नामों के वर्णानुक्रम, विषयों के अनुसार-अथवा कालक्रमानुसार प्रविष्टियों को व्यवस्थित किया जाता है । ऐसे कृतियों के अन्त में पाठकों के उपयोगार्थ अनुक्रमणिकाओं का भी उल्लेख किया गया होता है ।

6. प्रतिपादन शैली—जीवनी स्रोतों से सम्बन्धित सन्दर्भ ग्रन्थों की प्रतिपादन शैली की माध्यम से यह पता किया जाता है कि व्यक्ति विशेष से सम्बन्धित केवल सामान्य सूचनाओं को संकलित किया गया है या उनसे सम्बन्धित विस्तृत सूचनाओं को विशेष महत्त्व दिया गया है।

7. विशेषताएँ—जीवनी स्रोतों के व्यक्तियों की जीवनी के अतिरिक्त उनके सम्बन्ध में अंकित अन्य सूचनाओं पर भी विचार किया जाता है । महत्वपूर्ण व्यक्तियों की छायाचित्रों, सन्दर्भ ग्रन्थ सूची तथा मल्टी मीडिया को विशेषताओं के अन्तर्गत सम्मिलित किया जा सकता है ।

8. संशोधन एवं अद्यतन—पूर्व प्रकाशित जीवनी स्रोतों में समय-समय पर संशोधन करके इसके अद्यतन प्रतियों को प्रकाशित किया जाना चाहिए । इससे जीवनीकोश, जीवनी विश्वकोश एवं जीवनी निर्देशिकाओं में नई-नई प्रविष्टियों को सम्मिलित किया जा सकता है तथा इस प्रकार के स्रोतों को और अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है ।

इस प्रकार उपर्युक्त वर्णित बिन्दुओं के आधार पर विभिन्न प्रकार के जीवनी स्रोतों के प्रामाणिकता एवं उपयोगिता के आधार पर छोटे से लेकर बड़े पुस्तकालयों में इनका अधिग्रहण किया जाना चाहिए ।

6. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख जीवनी स्रोत :

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित विभिन्न विषयो में वैदिकाल से लेकर अब तक अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध विद्वानों ने संस्कृत के प्रचार, प्रसार एवं निरन्तर विकास में योगदान करते रहे हैं । परन्तु इस क्षेत्र में राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मानक जीवनी विश्वकोश अथवा जीवनी कोश का अब भी अभाव महसुस किया जाता है। यद्यपि प्राच्य विद्या के कुछ प्रमुख भारतीय विद्वानों के साथ हीसाथ कुछ विदेशी विद्वानों ने भी इस अभाव को कुछ हद तक पूरा करने का प्रयास किये हैं । इस श्रेणी में भारतीय प्राच्य विद्या के एक विद्वान लेखक डा. श्रीधर भास्कर वर्णेकर का नाम पहले आता है । आपने "संस्कृत वाङ्मय कोश" नामक एक तीन खण्डीय ग्रन्थ का सम्पादन किया है जो वास्तव में एक भारतीय विश्वकोश है । इस वाङ्मय कोश के ग्रन्थकार खण्ड में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के लेखकों के जीवन एवं उनके कृतियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचनाएँ संकलित है।

1. **संस्कृत वाङ्मय कोश (ग्रन्थकार खण्ड) / श्रीधर भास्कर वर्णेकर; सम्पादकः-कोलकता : भारतीय भाषा परिषद, 1988**

इस स्रोत में संस्कृत के बृहत साहित्य को समृद्ध करनेवाले उन सारे ग्रन्थकारों के योगदानों तथा उनके जीवनी एवं विषयक्षेत्रों के सम्बन्ध में ग्रन्थात्मक सूचना दी गयी है। इस कृति को सन् 1988 में प्रथम बार प्रकाशित किया गया है ।

1988 के संस्करण में संस्कृत साहित्य एवं प्राच्य विद्या के ग्रन्थकारों की कुल 2700 प्रविष्टियों के माध्यम से जीवनी परक सूचनाएँ दी गयी हैं । इतना ही नहीं इस ग्रनथकार खण्ड में पूर्व पीठिका के रूप में संस्कृत वाङ्मय दर्शन के नाम से समस्त संस्कृत वाङ्मय के अन्तरंगों का दिग्दर्शन कुल बारह प्रकरणों में किया गया है । प्रविष्टियाँ लेखकों के मुख्य नाम के अनुसार वर्णानुक्रम में विन्यसित हैं।

इस प्रकार कुछ कमियों के बाद भी यह संस्कृत वाङ्मय कोश का ग्रन्थकार खण्ड संस्कृत साहित्य के विद्वान लेखकों की जीवनी एवं उनके कृतियों के सम्बन्ध में सूचना प्राप्ति के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है ।

2. काशी की पाण्डित्य परम्परा / बलदेव उपाध्याय - वाराणसी : विश्वविद्यालय प्रकाशन, 1983, 638 पृ.

प्रस्तुत कृति आचार्य पं. बलदेव उपाध्याय द्वारा विरचित संस्कृत वाङ्मय के क्षेत्र में एक अमूल्य धरोहर है । इसमें प्राचीन विद्या नगरी काशी के मध्य युगीन (1200 ई. से 1750 ई.) एवं अर्वाचीन (1750 से 1950 ई.) तक के संस्कृत विद्वानों की प्रमाणिक जीवनी तथा उनके द्वारा रचित ग्रन्थों की जानकारी एवं साढ़े सात सौ वर्षों का काशी के विद्वानों के साहित्यिक अवदान से सम्बन्धित सूचना प्राप्त होती है । इस कृति में चुने गये संस्कृत विद्वानों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है ।

प्रथम श्रेणी में उन विद्वानों को सम्मिलित किया गया है जिनके लिए वाराणसी अध्ययन स्थली एवं अध्यापन स्थली दोनों ही रही हैं ।

द्वितीय श्रेणी में उन विद्वानों को सम्मिलित किया गया है, जिन्होंने संस्कृत के शास्त्रीय विषय का समुपार्जन तो काशी में किये परन्तु भारत के अन्य प्रान्तों में जाकर उस ज्ञान के समुचित वितरण में अपना जीवन बितायें ।

तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत उन विद्वानों को सम्मिलित किया गया है, जिन्होंने संस्कृतशास्त्रों का अध्ययन तो काशी के बाहर किया, लेकिन अध्यापन के लिए काशी को अपना कार्यस्थली चूने ।

इसमें वर्णित तीन श्रेणियों का नामोल्लेख पूर्व पीठिका अवतरणिका एवं उत्तर पीठिका के रूप में सम्बोधित हैं। इसके पूर्वपीठिका में संस्कृत शास्त्र के मध्ययुगीन विद्वानों से लेकर नागेशभट्ट (महावैयाकरण) तक के सभी संस्कृत विद्वानों की संक्षिप्त जीवनी एवं उनके कृतियों से सम्बन्धित सूचना प्रस्तुत किया गया है । इसमें निहित उत्तरपीठिका को दो खण्डों में विभाजित किया गया है तथा प्रथम खण्ड के संस्कृत के पारम्परिक विद्वानों के जीवनियों एवं उनके योगदानों का वर्णन है, जबकि द्वितीय खण्ड में छः विद्वान सन्यासियों के तथा छः अंग्रेज संस्कृत विद्वानों के जीवनचरित एवं उनके उपलब्धियों पर विस्तृत सूचना प्रस्तुत है। इस प्रकार इस कृति में संस्कृत शास्त्र के महत्वपूर्ण विद्वानों के वर्णित सूचना अद्यतन न होते हुए भी संस्कृत जगत के उपयोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना स्रोत है ।

3. भारतवर्षीय प्राचीन चरित्र कोश विद्यानिधि सिद्धेश्वर शास्त्री, (चित्रांक)- पूना : भारतीय चरित्र कोश मण्डल, 1964।

प्रस्तुत कृति जीवनी कोश का एक प्रमुख उदाहरण है तथा इसमें वैदिककाल से लेकर सन् 1964 के पूर्व तक संस्कृत वाङ्मय में उपलब्ध महत्वपूर्ण पात्रों के नामों के आधार पर वर्णानुक्रम में निर्मित प्रविष्टियों को व्यवस्थित करके प्रस्तुत किया गया है ।

इस सन्दर्भ कृति की प्रभुत्व विशेषता यह है कि इसमें श्रुति, स्मृति, पुराण, सूत्र, वेदांग, उपनिषद्, बौद्ध एवं जैन साहित्य में निर्दिष्ट व्यक्तियों, विद्वानों के सम्बन्ध में जीवनी परक सूचनाओं के साथ ही साथ उनके योगदानों से सम्बन्धित सूचना प्रदान किया गया है।

यद्यपि यह कृति अद्यतन न होते हुए भी उपयोग की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण जीवनी स्रोत है ।

4. चरित्र कोश : वेद, पुराण और इतिहास से आये विभिन्न चरित्रों एवं ग्रन्थों का हिन्दी में प्रामाणिक पहला कोश / चतुर्वेदी द्वारका प्रसाद शर्मा- नई दिल्ली : नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 1983 . 555 पृ. सं.

यह एक जीवनीकोश है तथा इसके सम्पादक श्री नरायण चतुर्वेदी हैं। इस चरित्रकोश में संकलित प्रविष्टियाँ वैदिक वाङ्मय में योगदान करने वाले ग्रन्थकारों, लेखकों एवं अन्य विद्वानों के जीवनपरक सूचनाओं एवं उनके योगदानों को विशेष महत्व दिया गया है। इसमें वेदों, उपनिषदों, पुराणों और इतिहासों में आये अनेक ऋषि-मुनियों, महात्माओं, राजाओं, महापुरूषों, कवियों, ग्रन्थ कर्त्ताओं, नदियों एवं पहाड़ों आदि के नामों से सम्बन्धित निर्मित प्रवृष्टियों का एक विशाल सूची संलग्न है ।

इस प्रकार से यह एक विगतकालीन विषय जीवनी कोश है। इसमें संकलित प्रविष्टियों के अन्तर्गत महापुरूषों, संस्कृत नाटकों तथा काव्यों के पात्रों के नामों का संक्षिप्त परिचय भी प्रस्तुत किया गया है । पुराने नामों के सन्दर्भ जानने की दृष्टिकोण से यह एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है ।

इसमें प्रविष्टियों का विन्यसन हिन्दी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित हैं तथा इसके अन्त में दो परिशिष्टों को संलग्न किया गया है ।

ग्रन्थ का भौतिक स्वरूप अच्छा है । जिल्द मजबूत है तथा छपाई में उत्तम गुणवत्ता वाला कागज का उपयोग हुआ है । परन्तु यह स्रोत अद्यतन न होते हुए भी उपयोग के लिए महत्वपूर्ण कृति है ।

5. राजस्थान के संस्कृत कृतिकार / शंकर लाल शास्त्री-जयपुर : राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, 2004. 490 + पृ..

प्रस्तुत कृति एक लघु विषय जीवनी कोश का एक प्रमुख उदाहरण है । इसमें राजस्थान के लगभग 42 संस्कृत कृतिकारों से सम्बन्धित जीवन परक सूचनाओं एवं उनके योगदानों से सम्बन्धित प्रविष्टियों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया गया है ।

ग्रन्थ के प्रस्तावना में राजस्थान की संस्कृत साधना की पृष्ठभूमि जिसमें संस्कृत के प्रमुख कृतिकारों का विस्तृत जीवनी परक सूचनाएँ प्रविष्टियों के रूप में समायोजित हैं। इसके साथ ही साथ, इसके परिशिष्ट खण्ड में अन्य संस्कृत विद्वानों के जीवनीपरक सूचनाओं को आकारादि क्रम से दिया गया है।

संस्कृत में रूचि रखने वाले उपयोक्ताओं के लिए कुछ कमियों के बाद भी यह महत्वपूर्ण स्रोत हैं ।

6. उज्जयिनी का विलक्षण विभूतियाँ / रमेश निर्मल - मुम्बई : अन्विति प्रकाशन, 2005. 234 पृ.

यह एक सामान्य कृति है परन्तु इसमें निहित सूचना के कारण यहाँ पर इसे स्थान देना आवश्यक प्रतीत होता है क्योंकि इसमें अनादी उज्जयिनी के कतिपय सारस्वत विभूतियों का जीवन परिचय तथा उनके द्वारा किये गये योगदानों से सम्बन्धित सूचना प्रदान की गयी है ।

इस कृति में उज्जैन के कुल पन्द्रह महान विभूतियों के सम्बन्ध में उनके जीवनी तथा अन्य उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत है । इसमें पं. सूर्यनारायण व्यास पहली विभूति हैं जबकि डा. श्यामसुन्दरनिगम को पन्द्रहवें विभूति के रूप में स्थान दिया गया है । इन पन्द्रह विभूतियों के अतिरिक्त उज्जैन के गौरवशाली व्यक्तियों को प्रस्तुत कृति के ग्रन्थमाला के अगले दो भागों में दो अलग-अलग शीर्षकों के अन्तर्गत जैसे "संस्कृति का सूर्य : उज्जैन" तथा "आधुनिक उज्जयिनी के गौरव" नामक ग्रन्थ में सम्मिलित किया गया है ।

प्रत्येक प्रविष्टियों में जानकारी विस्तृत है तथा उज्जैन के विलक्षण विभूतियों से सम्बन्धित सूचना के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं ।

7. आधुनिक उज्जयिनी के गौरव / रमेश निर्मल - मुम्बई : अन्विति प्रकाशन, 2005, 274, 274; xvip.

यह कृति उज्जयिनी पुस्तक माला के 11वें पुष्प के रूप में मुम्बई के अन्विति प्रकाशन से प्रकाशित है । इसमें उज्जैन से जुड़ी उन विशिष्ट विभूतियों के जीवनीपरक सूचनाओं के साथ ही साथ उनके द्वारा किये गये योगदानों का भी विवरण प्रस्तुत है ।

इसमें उज्जैन के कुल 105 महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवनी परक सूचनाओं के साथ ही साथ उनके साधना सन्दर्भों को सम्मिलित किया गया है। इस ग्रन्थ में उज्जैन के जिन सारस्वत विद्वानों को सम्मिलित किया गया है या तो उनका जन्म उज्जैन या मालवांचल में हुआ है अथवा जिन्होंने अपनी शिक्षा, दीक्षा अथवा कर्मभूमि के रूप उज्जयिनी या मालवा में अपने जीवन का महत्वपूर्ण अंश व्यतीत किया है।

यद्यपि प्रस्तुत ग्रन्थ सन्दर्भ स्रोत नहीं है फिर भी उज्जयिनी के विविध विलक्षण व्यक्तित्व के लिए यह एक महत्वपूर्ण सूचना स्रोत है ।

8. Who's who of Indian Writers.-New Delhi : Sahitya Academy, 1961.

यह कोश विषय जीवनीकोश का एक उदाहरण है तथा इसमें अंग्रेजी सहित सभी भारतीय भाषाओं के उत्तरोत्तर विकास में जिन ग्रन्थकारों ने अपना साहित्यिक योगदान दिया

है उन सभी ग्रन्थकारों की जीवनीपरक सूचना दी गयी है । इसका प्रथम प्रकाशन सन् 1961 में सम्पन्न हुआ था तथा इसका द्वितीय संस्करण सन् 1995 में प्रकाशित हुआ है ।

इस जीवन चरित कोश में कुल 6000 की संख्या में भारतीय लेखकों से सम्बन्धित प्रविष्टियों को प्रस्तुत किया गया है तथा प्रत्येक प्रविष्टि में ग्रन्थकारों के नाम, साहित्यिक नाम, शैक्षिक उपाधियाँ, वर्तमान पद, मातृभाषा तथा निवास का पता से सम्बन्धिथ सूचनाएँ अंकित हैं । यह कृति कुछ खामियों के बाद भी भारतीय भाषाओं एवं साहित्य से सम्बन्धित लेखकों की जीवनीपरक सूचना हेतु एक महत्वपूर्ण स्रोत है ।

9. **Dictionary of Jain Biography- Arrah : Library of Jaina Literature, 1917. (Pt. 1A).**

यह एक जीवनी कोश है तथा इसमें जैन साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करने वाले विभूतियों के जीवनीपरक सूचनाओं को प्रस्तुत किया गया है । इसमें केवल 1917 तक के जैन विद्वानों, लेखकों तथा जैन मुनियों को ही सम्मिलित किया गया है ।

प्रत्येक प्रविष्टि में जीवनी परक सूचनाओं की संक्षिप्त जानकारी दी गयी है । इस कृति को जैन साहित्य ग्रन्थालय, आरा, विहार द्वारा सन् 1917 में प्रकाशित किया गया है। यह कृति अद्यतन नहीं है, फिर भी जैन साहित्य के पूर्व विभूतियों के जीवनीपरक सूचना के लिए एक उत्तम स्रोत है ।

10. **संस्कृत वाङ्मय में नारी—एक परिचयात्मक कोश /सिप्रा बैनर्जी—अम्बाला छावनी : आई. बी. ए. पब्लिकेशन, 2002. (तीन खण्डीय)।**

यह कोश निबंधात्मक जीवन चरितकोश का प्रमुख उदाहरण है तथा इसमें मात्र भारतीय प्राचीन नारियों का परिचय नहीं अपितु स्त्रीलिंग के सभी चेतन जीव, मूर्त और अमूर्त का उल्लेख प्रविष्टियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

इस जीवन चरित कोश में ऋग्वेद से लेकर भविष्यपुराण तक के सुदीर्घ काल की यात्रा में नारी के विविध रूपों के साथ ही साथ जीवनीपरक सूचनाओं को अधिक महत्व दिया गया है । यह कृति कुल 1700 पृष्ठों तथा तीन खण्डों में संकलित है । इसके प्रथम खण्ड में सम्मानित सम्मिलित नारियों के नाम देवनागरी के वर्णानुक्रम में पृष्ठ संख्या 86 से 526 पर वर्णित है ।

इस जीवन चरित्रकोश के द्वितीय खण्ड में शेष नामों को वर्णानुक्रम में "च" अक्षर से "भौ" अक्षर तक व्यवस्थित किया गया है । जबकि इसके तृतीय खण्ड में शेष सम्मानित नारियों को उनके नामों तथा योगदानों को वर्णानुक्रम में निर्मित प्रविष्टियों का व्यवस्थापन "य" अक्षर से प्रारम्भ होकर 'ह्री" अक्षर पर समाप्त हुआ है ।

इसका भौतिक स्वरूप बहुत अच्छा है । जिल्दबन्दी मजबूत एवं टिकाऊ है, छपाई स्पष्ट है तथा उत्तमकोटी के कागज का उपयोग किया गया है ।

यह ग्रन्थ केवल एक जीवन चरितकोश ही नहीं बल्कि संस्कृत वाङ्मय में अंकित नारी के उत्कर्ष एवं उनके द्वारा किये गये योगदानों आदि की सूचना प्रदान करने हेतु एक अन्तर्राष्ट्रीय सन्दर्भ स्रोत है ।

11. **National Biographical Dictionary of India / Jagadish Sharan Sharma; Compiler.-New Delhi : Sterling Press, 1972.**

यह एक भारतीय राष्ट्रीय जीवनीकोश है तथा इसमें भारत के विभिन्न प्रान्तों के लगभग 5000 महान विभूतियों के जीवनीपरक सूचनाओं को संकलित करके प्रविष्टियों के रूप में प्रस्तुत किया गया है । प्रविष्टियों में प्रत्येक व्यक्ति के नाम, जन्म-तिथि, व्यवसाय, राष्ट्रीयता, प्राप्त उपाधियाँ, शिक्षा तथा महत्वपूर्ण उपलब्धियों में व्यवस्थित किया हुआ है।

यद्यपि यह राष्ट्रीय जीवनी कोश अद्यतन नहीं है फिर भी भारत के ऐतिहासिक विभूतियों से सम्बन्धित संक्षिप्त सूचना के स्रोत के रूप में एक सर्वोत्तम कृति है । डा. जगदीश शरण शर्मा द्वारा इसको संकलित किया गया है, तथा 1972 में स्टरलिंग प्रेस, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है।

12. **Dictionary of National Biography / S.P. Sen; Editor. - Kolkata : Institute of Historical Studies, 1972-74. (Four Volumes).**

यह भारत का प्रथम बहुखण्डीय राष्ट्रीय जीवनीकोश है तथा इसके प्रधान सम्पादक श्री एस.पी. सेन हैं । इस राष्ट्रीय बहु खण्डीय जीवनीकोश के रचना में राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकता में उपलब्ध विशाल संग्रह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । इस राष्ट्रीय जीवनी कोश के सम्पादन के पिछे इसका मुख्य उद्देश्य उन्नीसवीं सदी से लेकर देश के स्वतन्त्र होने तक जिन भारतीय विभूतियों ने भारत को एक सबल राष्ट्र के रूप में खड़ा करने का प्रयास किये उनकी जीवनीपरक सूचनाओं एवं योगदानों को उनके कुलनामों के अनुसार वर्णानुक्रम में इसमें व्यवस्थित किया गया है ।

इस तरह सन् 1800 से 194 7 तक के अवधि के लिए कुल 1400 भारतीय विभूतियों के जीवनी परक सूचनाओं इसमें को प्रविष्टियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इसका पूरक भाग चार खण्डों में प्रकाशित हुआ है । पूरक भाग 1947 से 72 के मध्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करने वाले गौरवशाली व्यक्तियों की जीवनिया भी वर्णित हैं।

इसमें प्रत्येक प्रविष्टि के अन्त में प्रविष्टियों में संकलित स्रोतों की सूचना के साथ ही साथ जीवनी लिखने वाले विद्वानों के नाम भी अंकित है ।

भारत में स्थित सभी प्रकार के ग्रन्थालयों में ऐसे सन्दर्भ स्रोतों को संग्रह में सम्मिलित किया जाना नितांत आवश्यक है।

13. **Biographical Dictionary of Puranic Personages / Akshya Kumari Devi.- Calcutta : Vijaya Krishna Brothers, n.d. 8; 72 p.**

14. **Encyclopaedia of World Great Educational Philosophers/M.K. Singh.- New Delhi : Alfa Publications, 2008. (2 Vols).**

यह एक विषयागत जीवनी विश्वकोश है तथा इसमें केवल विश्व के प्रख्यात शिक्षादार्शनिकों से सम्बन्धित जीवनीपरक सूचनाओं पर आधारित प्रविष्टियों को व्यवस्थित किया गया है । इसमें विश्व के कुल 36 महान शिक्षा दार्शनिकों से सम्बन्धित जीवनी परक सूचनाओं एवं उनके योगदानों को दो खण्डों के माध्यम से लिपिबद्ध करके प्रस्तुत किया गया है । इसका प्रथम प्रकाशन सन् 2008 में हुआ । इसके प्रथम खण्ड में प्रविष्टियों को अध्याय एक से बीसवें अध्याय तक तथा द्वितीय खण्ड में एकीसवें अध्याय से 36वें अध्याय तक अंकित है । इनमें कुल 816 पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

इसका भौतिक आकार अच्छा है, जिल्दबन्दी टिकाउ है तथा छपाई में उत्तम गुणवत्ता वाले कागज का प्रयोग किया गया है । विश्वके महान शिक्षा दार्शनिकों के सम्बन्ध में सूचना कि लिए यह सर्वोत्तम कृति है ।

❑❑

अष्टम अध्याय

भौगोलिक स्रोत
(Geographical Sources)

1. भूमिका-

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में उपलब्ध भौगोलिक सूचना स्रोतों की संख्या आधुनिक विषयों की तुलना में न के बराबर हैं । परन्तु इस बात को भी अस्वीकृत नहीं किया जा सकता है कि अखण्ड भारत को पूरे विश्व में एकीकृत राष्ट्र के रूप में सर्वोच्य स्थान दिलाने में संस्कृत एवं प्राच्य ग्रन्थों की भूमिका सर्वोपरी रही है ।

भारत धर्म, संस्कृति, साहित्य तथा सभ्यता के लिए एशिया में ही नहीं अपितु पुरे विश्व में विख्यात है । भारत में स्थित विभिन्न तीर्थस्थानों, पवित्र नदियों, एवं विश्वविख्यात अनेक धार्मिक स्थलों जैसे गिरजाघर, गुरूद्वारा, मन्दिरों, जैन मन्दिरों एवं बौद्धमठों से सम्बन्धित सूचनाओं का उल्लेख सबसे पहले ग्रन्थों अथवा हस्तलिखित पाण्डुलिपियों से प्राप्त किये गये हैं । उदाहरण स्वरूप भारत में स्थित चारों धाम यात्रा, कुम्भ स्नान, गंगासागर स्नान, कैलाशमान सरोवर यात्रा । प्राचीन भारतीय संस्कृति में सामाजिक जीवन के परिप्रेक्ष्य में चार आश्रम, चार वर्ग, चार वेद, तथा चारों धाम से सम्बन्धित उपलब्ध प्राचीन भारतीय साहित्य के परिणामस्वरूप पूरे विश्व के लोगों में भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं पौराणिक स्थिति की जानकारी जैसे दार्शनीय स्थल, पवित्र तीर्थ स्थान कौन-कौन से हैं तथा कहाँ स्थित है आदि की जिज्ञासा बढ़ती चली गयी । इसी के फल स्वरूप भौगोलिक स्रोतों का आविर्भाव हुआ जिनमें विभिन्न प्रकार की प्राथमिक सूचना स्रोतों को भौगोलिक सूचना से सम्बन्धित प्रश्नों के उतर प्रदान करने हेतु विभिन्न रूपों में विभिन्न प्रकार के भौगोलिक सन्दर्भ स्रोतों का आविर्भाव हुआ है ।

2. भौगोलिक सूचनास्रोतों के क्षेत्र, परिभाषा एवं प्रकार-

भौगोलिक प्रश्नों से सम्बन्धित उत्तरों को अनेक प्रकार के सूचना स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है लेकिन भौगोलिक सूचना के प्राप्ति के लिए जिन मानक सन्दर्भ स्रोतों का उल्लेख मिलता है उसमें वाङ्मय सूचियाँ एवं अनुक्रमणिकाएँ, विश्वकोश, शब्दकोश, सांख्यकीय स्रोत, जीवनचरित स्रोत एवं भौगोलिक स्रोत प्रमुख हैं ।

3. भारत के प्रसिद्ध मन्दिरों एवं तीर्थस्थलों से सम्बन्धित भौगोलिक स्त्रोत :

1. कल्याण-तीर्थांक वार्षिक विशेषांक गोरखपुर : गीता प्रेस, 1957, 704 पृ.

यह कृति गोरखपुर के गीता प्रेस, द्वारा सन् 1957 में कल्याण पत्रिका के तीर्थांक वार्षिक विशेषांक के रूप में प्रकाशित है। इसमें धार्मिक एवं पौराणिक महत्वों के लगभग 1800 तीर्थ स्थलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत है । साथ ही साथ पुराण प्रसिद्ध तीर्थों का शास्त्रोक्त महात्म्य, 21 प्रधान गणपति क्षेत्रों, 108 दिव्य शिव क्षेत्रों, 274 पवित्र शैव क्षेत्रों, 12 ज्यार्तिलिङ्गों, 108 दिव्य विष्णु स्थानों, 108 वैषण देशों, 108 दिव्य शक्ति स्थानों, 51 शक्तिपीठों एवं 12 प्रधान देवी विग्रहों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है ।

इसमें तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक पालनीय नियमों के अन्तर्गत पञ्चदेवों की पूजन विधि, विष्णु, शिव आदि के ध्यान, तीर्थयात्रा की विधि, प्रधान - प्रधान तीर्थों एवं प्रसिद्ध विग्रहों की स्तुतियाँ भी वर्णित हैं। इसमें भारत के तीर्थस्थलों से सम्बन्धित सूचनाओं के प्रस्तुती में आठ दुर्लभ मानचित्रों, 34 रंगीन एवं पाँच सौ से ऊपर सादे स्थल चित्रों का उपयोग किया गया है । इस कृति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसके अध्ययन मात्र से पवित्र भारत भूमि के विभिन्न भागों का महत्व, वहाँ की विशेषताओं के ज्ञान, राष्ट्रीयता एवं पारस्परिक एकता के भाव जागृत होते हैं ।

यह स्त्रोत भारत के तीर्थस्थलों का भ्रमण करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है तथा इसमें वर्णित तीर्थयात्रा, तीर्थदर्शन एवं तीर्थों में अवगाहन के महत्व के कारण भारत के प्रत्येक ग्रन्थालयों में इसके अद्यतन प्रतियों को अधिग्रहीत किया जाना आवश्यक है ।

2. तीर्थभारतम् / श्रीधरभास्कर वर्णेकर - मध्य प्रदेश : दतिया : पीतांबरा पीठ संस्कृत् परिषद, 1983.

यह ग्रन्थ प्राच्य विद्या के प्रख्यात विद्वान डा. श्रीधर भास्कर वर्णेकर द्वारा प्रणीत है तथा इसमें सम्पूर्ण भारत के सुप्रसिद्ध तीर्थक्षेत्र, तत्रस्थ देवता, तथा बुद्ध, शंकर, महावीर इत्यादि अवतारों के साथ ही साथ विवेकानन्द, दयानन्द, महात्मा गाँधी जैसे महापुरुषों का स्तवन प्रस्तुत है ।

इसमें सभी स्तुति पद्य संगीत प्रधान हैं और कवि ने उनके रागों का निर्देश चलन स्वरों के साथ प्रत्येक भक्ति के साथ में प्रस्तुत किया है तथा वर्तमान में यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है ।

भारतीय तीर्थ यात्रियों के लिए यह ग्रन्थ बहुत उपयोगी है ।

3. **त्रिस्थलीसेतु : / श्रीभट्टोजिदीक्षित; श्री नागेश भट्ट एवं सुरेश्वराचार्य-वाराणसी : प्रकाशन संस्थान, सं. सं. वि. वि., 144 पृ.**

यह ग्रन्थ सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के सरस्वती भवन-ग्रन्थमाला के 65 पुष्प के रूप में प्रकाशित है । श्री भट्टोजिदीक्षित द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में तीर्थ विधि का विशेषकर काशी, प्रयाग तथा गया प्रभृति तीर्थों की विशेष महिमा वर्णित है। त्रिस्थली सेतु : शीर्षक के अन्तर्गत दो अन्य ग्रन्थों का भी उल्लेख किया गया है जैसे–

1. **तीर्थेन्दुशेखर :**–श्री नागेश भट्ट द्वारा प्रणीत इस कृति में तीर्थों के अधिकारी आदि के निर्णय के अनन्तर-प्रयाग, काशी तथा गया आदि तीर्थों की विधि का विचार वर्णित है ।

2. **काशीमृतिमोक्ष विचार**–यह ग्रन्थ श्री सुरेश्वराचार्य द्वारा प्रणीत है तथा इसें काशी, वाराणसी, अविमुक्तक, अन्तर्गृह नामक चार क्षेत्रों के परिमाण का निर्णय से सम्बन्धित तथ्य प्रस्तुत किया गया है । साथ ही साथ उन-उन क्षेत्रों में मृत्यु होने से सारूप्य, सालोक्य, सायुज्य, सान्निध्य रूप मुक्तियों के मिलने का विधान है ।

विषय की दृष्टि से ग्रन्थ का सम्बन्ध हिन्दू धर्मशास्त्र से है परन्तु इसमें निहित हिन्दू धर्म के पवित्र तीर्थ स्थलों की विशेष सूचनाओं के कारण पौराणिक एवं भौगोलिक रूप में भी एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है ।

4. **काशीखण्ड / करूणापति त्रिपाठी; सम्पादक–वाराणसी : सं.सं.वि.वि., (चार भागों में).**

यह कृति पुराणेतिहास विषय के अन्तर्गत सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के गंगानाथ झा ग्रन्थमाला के 13वें पुष्प के रूप में कुल चार भागों में प्रकाशित है । साथ ही साथ इस ग्रन्थमाला में श्री रामानन्दाचार्य की "रामानन्दि" संस्कृत व्याख्या तथा पण्डित श्री नरायणपति त्रिपाठी की नरायणी हिन्दी-व्याख्या भी प्रकाशित हुआ है ।

इस ग्रन्थ के चार भागों में प्रकाशित श्लोकों की पदानुक्रमणी तैयार कर "काशी खण्ड परिशिष्टम" के नाम से अलग से प्रकाशित है जिसमें कुल पृष्ठों की संख्या 220 है।

5. **काशी-महात्म्य/ स्वामी श्री शिवानन्द सरस्वती - वाराणसी : सं.सं. वि.वि., 280 पृ.**

यह ग्रन्थ पुराणेतिहास विषय के अन्तर्गत सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के विश्वविद्यालय रजत जयंती ग्रन्थमाला के 23वें पुष्प के रूप में प्रकाशित है। इस ग्रन्थ में काशी अर्थात् वाराणसी के पुराण प्रसिद्ध महात्म्य के वर्णन के साथ-साथ काशी में स्थित विभिन्न शिवलिङ्गो तथा पुन्यक्षेत्रों का धार्मिक तथा पौराणिक दृष्टिकोण से वर्णन प्रस्तुत है।

इसके साथ ही साथ इसमें काशी अथवा वाराणसी क्षेत्र में कर्तव्याकर्तव्य आदि विषयों का विस्तृत विवेचन भी प्रस्तुत किया गया है । इसमें कुल 280 पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

6. काशी यात्रा / श्री नरायण पति त्रिपाठी; सम्पादन द्वारा श्री करूणा पति त्रिपाठी-वाराणसी : सं.सं.वि.वि., 72 पृ.

यह कृति पुराणेतिहास विषय के अन्तर्गत सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय रजत जयन्ती ग्रन्थमाला के 16वें पुष्प के रूप में प्रकाशित है । इस ग्रन्थ को अपनी विशिष्ट भूमिका एवं परिशिष्ट के साथ आचार्य श्री करूणापति त्रिपाठी ने सम्पादित किया है तथा इसके प्रणयन श्री नरायणपति त्रिपाठी ने किया है ।

इस पौराणिक कृति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें काशी की अनेकानेक यात्राओं का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया है । इसमें कुल 72 पृष्ठों का उपयोग किया गया है तथा इसका द्वितीय संस्करण शीघ्र प्रकाशनाधीन है ।

7. काशी या बनारस / बाल मुकन्द वर्मा - वाराणसी : ब्रह्मनाल, 1930, 95पृ.

काशी या बनारस के भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करने वाले यात्रियों के द्वारा इसकी बहुत अधिक प्रशंसा हुई थी । इसमें प्राचीन काशी अथवा आधुनिक वाराणसी में स्थित पर्यटन के विविध क्षेत्रों की सविस्तार व्याख्या दी गयी है ।

इसे सन 1930 में ब्रह्मनाल, वाराणसी से प्रकाशित किया गया है तथा इसमें कुल 95 पृष्ठों का उपयोग हुआ है । वर्तमान में यह ग्रन्थ अपर्याप्त है । फिर भी वाराणसी पर यह एक महत्वपूर्ण स्रोत है ।

8. Guide to Benares / India. Ministry of Transport. Tourist Division.-New Delhi : Manager of Publication, 1957. 24 p. plates;' illust.

प्रस्तुत ग्रन्थ मार्गदर्शिका का एक प्रमुख उदाहरण है । इसमें वाराणसी से सम्बन्धित पर्यटन की दृष्टिकोण धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक तथा भौगोलिक स्थलों एवं यहाँ के निवासियों के सम्बन्ध में सविस्तार सूचना प्रस्तुत है । यह 1957 में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित हुआ है तथा इसमें छायाचित्रों एवं मानचित्रों को भी प्रस्तुत किया गया है ।

इस मार्गदर्शिका में वाराणसी से सम्बन्धित सूचनाएँ अंग्रेजी में वर्णित है तथा 1960 तक विदेशी पर्यटकों के बीच यह बहुत लोकप्रिय था ।

9. **वाराणसी पर्यटन : विविध आयाम (Dimension of Tourism in Varanasi)/ प्रेमशंकर द्विवेदी एवं अन्य; सम्पादक-वाराणसी : कला प्रकाशन, 1999, 156 पृ.**

इस ग्रन्थ में काशी अथवा वाराणसी के विविध धार्मिक, सांस्कृतिक, कलात्मक, पुरातात्विक एवं पर्यटन, विषयक विभिन्न आयामों से सम्बन्धित प्रामाणिक सूचना दी गयी है । इसके सम्पादक डा. प्रेमशंकर द्विवेदी है तथा कला प्रकाशन, वाराणसी से इसे सन् 1999 में प्रकाशित किया गया है ।

वाराणसी के विविध आयामों के सम्बन्ध में यह एक महत्वपूर्ण भौगोलिक सूचना स्रोत है ।

10. केदार खण्ड / वाचस्पति द्विवेदी एवं अन्य :-वाराणसी : सं. स. वि.वि., 1991 (चार भागों में) ।

प्रस्तुत ग्रन्थ पुराणेतिहास विषय के अन्तर्गत सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा गंगानाथ झा ग्रन्थमाला के 17वें पुष्प के रूप में कुल चार भागों में प्रकाशित किया गया है । स्कन्द पुराण के माहेश्वर खण्ड के अन्तर्गत समविष्ट इस केदार खण्ड को वाचस्पति द्विवेदी की हिन्दी व्याख्या के साथ प्रकाशित किया गया है ।

पौराणिक दृष्टिकोण से श्री केदारखण्ड से सम्बन्धित सूचनाओं के लिए यह एक अत्यन्त उपयोगी स्रोत हैं।

11. **Kedar Matha and Badri Narayan (A Pilgrim's diary) / Syster Nivedita.- Calcutta : Udbothan Office, 1921. 86 p.; illust.**

यह ग्रन्थ एक मार्गदर्शिका न होकर एक प्रकार से एक तीर्थयात्री के यात्रा वृत्तांत के रूप में प्रकाशित है । इसमें लेखक ने अपने केदार मठ तथा बद्रीनारायण तक सम्पूर्ण यात्रा का सविस्तार व्याख्या प्रस्तुत की है तथा इसे कलकत्ता के उद्बोधन कार्यालय से सन 1921 में प्रकाशित किया गया है । इसमें चित्रों सहित कुल 86 पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

यह ग्रन्थ वर्तमान में उपलब्ध नहीं है।

12. **कैलाश-मानसरोवर यात्रा साक्षात् शिव से संवाद / तरूण विजय-देहरादून : ऋत्विक प्रकाशन, 1994, 118 पृ.।**

इस ग्रन्थ के लेखक एवं छायाकार श्री तरूण विजय हैं जो एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार होने के साथ ही साथ तीर्थयात्रा विकास समिति दिल्ली राज्य के अध्यक्ष एवं सिन्धु दर्शन अभियान, लद्दाख के संयोजक भी रह चुके हैं ।

इस ग्रन्थ की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें कैलाशमान सरोवर यात्रा के सम्पूर्ण प्रकरणों को दुर्लभ छायाचित्रों के माध्यम से सजीव एवं अत्यन्त प्रभावशाली ढंग से वर्णन प्रस्तुत किया गया है । इस ग्रन्थ में भारत के पूर्व प्रधान मंत्री माननीय श्री अटल

विहारी पाजपेयी जी के छायाचित्र के साथ उनका सन्देश भी प्रकाशित है। इसमें कैलाशमान सरोवर यात्रा के वृत्तान्तों का उल्लेख ॐ नमः शिवाय तथा ॐ से प्रारम्भ हुआ है । साथ ही साथ पृष्ठं 118 पर कैलाश मानसरोवर क्षेत्र का एक विहंगम दृश्य, राक्षसताल एवं मानसरोवर के उपर मध्य में स्थित श्री कैलाश पर्वत के दुर्लभ दृश्यों का उपग्रह द्वारा खीचा गया चित्र संकलित है । ग्रन्थ के अन्त में कैलास पर्वत, मानसरोवर झिल तथा भारत एवं तिब्बत में आने वाले विभिन्न स्थानों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचनाओं को मानचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है ।

यह ग्रन्थ सन् 1994 में देहरादून के ऋत्विक प्रकाशन से प्रकाशित है तथा इसमें कुल 118 पृष्ठों का उपयोग हुआ है । इसका छपाई बहुत सुन्दर है तथा छपाई के उपयोग में लाया गया कागज बहुत ही उच्च गुणवत्ता वाला है ।

यह कृति भौगोलिक सन्दर्भ स्रोत की श्रेणी में सम्मिलित हो न होकर भी कैलाश मान सरोवर यात्रा से सम्बन्धित सूचनाओं के ज्ञान हेतु एक उत्तम सूचना स्रोत हैं ।

13. यात्रा : कैलाश मानसरोवर, वद्रीनाथ, केदारनाथ / विद्यानन्द सरस्वती; सम्पादक—नैनीताल : गीता सत्संग, 1960, 41; 40 पृ.।

यह ग्रन्थ मार्गदर्शिका का एक प्रमुख उदाहरण है तथा इसे सन् 1960 में गीता सत्संग, नैनीताल से प्रकाशित किया गया है । इसके सम्पादक विद्यानन्द सरस्वती हैं तथा इसमें कुल 40 से अधिक पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

इसमें लेखक ने बड़े ही सजीव ढंग से वद्रीनाथ, केदारनाथ तथा कैलाश मानसरोवर से सम्बन्धित पर्यटन के सम्पूर्ण सूचनाओं को प्रस्तुत किया है ।

यह इस समय अद्यतन नहीं है फिर भी कैलास मानसरोवर पर महत्वपूर्ण ग्रन्थ है।

14. विश्वदर्शनम् / हंसराज अग्रवाल—लुधियाना : शक्ति प्रकाशन माडल टाउन, 1968, 55पृ.।

यह ग्रन्थ मार्गदर्शिका के रूप में सन् 1968 में लुधियाना के शक्ति प्रेस माडल टाउन से प्रकाशित है । इसमें ग्रन्थकार ने विश्व में प्रसिद्ध दर्शनीय स्थानों एवं क्षेत्रों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचनाओं को व्यविस्थत क्रम में प्रस्तुत किया है । इसमें कुल 55 पृष्ठों का उपयोग हुआ है तथा इसके ग्रन्थकार श्री हंसराज अग्रवाल हैं।

यह ग्रन्थ अद्यतन नहीं है फिर भी इसमें विश्व से सम्बन्धित दर्शनीय स्थानों की सूचना निहित होने के फलस्वरूप यह एक अत्यन्त उपयोगी सूचना स्रोत है ।

15. भारतेर पुण्यतीर्थ/विमला चरण लाहा.—कलिकता : प्राच्यवाणि मन्दिर, 1944, 67 पृ. ।

यह ग्रन्थ भारतवर्ष में स्थित पवित्र हिन्दू तीर्थ स्थानों पर आधारित है । इसके ग्रन्थकार पश्चिम बंगाल के प्रख्यात प्राच्य विद्या के विद्वान विमल चरण लाहा है । यह ग्रन्थ

सन् 1944 में कोलकता के प्राच्यवाणि मन्दिर से बांगला भाषा में प्रकाशित है । इसमें कुल पृष्ठों की संख्या 67 हैं ।

भारत के पवित्रतीर्थ स्थलों पर यह एक दुर्लभ स्रोत हैं ।

16. **Holy places of India /Bimal Charan Law.-Calcutta : Geographical Survey Society, 1940, vi, 58 p.**

यह ग्रन्थ 1940 में कलकत्ता के भौगोलिक सर्वेक्षण समाज द्वारा प्रकाशित है तथा यह विमल चरण लाहा द्वारा प्रणीत है । इसमें भारत के सम्पूर्ण हिन्दू, बौद्ध एवं जैन तीर्थस्थलों के सम्बन्ध में आवश्यक सूचनाओं को व्यवस्थित क्रम में प्रस्तुत किया गया है। भारत के तीर्थस्थलों के विवरणों को इसमें अंग्रेजी में प्रस्तुत किया गया है तथा इसमें कुल 58 पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

17. **The Sacred Complex of Kashi : a microcosm of Indian Civilization/ L.P. Vidyarthi, Makhhan Jha and B.N. Saraswati.-Delhi : Concept Publishing Company, 1979, 319 p.**

यह ग्रन्थ काशी अथवा वाराणसी के धार्मिक भौगोलिक, पर्व एवं त्योहार, वेला, जलवायु एवं एक प्रमुख तीर्थ स्थल से सम्बन्धित सूचनाओं के जानकारी हेतु एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसमें वाराणसी अथवा काशी से सम्बन्धित सूचना की जानकारी चाहने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए काशी की धार्मिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक तथा पौराणिक सूचाओं को कुल सात अध्यायों में वर्णित किया गया है ।

इस ग्रन्थ की भाषा अंग्रेजी है तथा इसमें कुल 319 पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

18. **हिमालय दर्शन / कृष्ण नरायण गोस्वामी : - दिल्ली : आत्मा राम एण्ड सन्स, 1963, 183 पृ.।**

यह कृति मार्गदर्शिका का एक प्रमुख उदाहरण है तथा इसमें ग्रन्थकार ने हिमालय के धार्मिक, पौराणिक तथा भौगोलिक महत्व से सम्बन्धित सूचनाओं का सविस्तर व्याख्या प्रस्तुत किया है । यह ग्रन्थ सन् 1963 में दिल्ली के आत्मा राम एण्ड सन्स के द्वारा प्रकाशित है तथा हिमालय से सम्बन्धित सूचनाओं के प्रस्तुती में कुल 183 पृष्ठों का उपयोग हुआ है ।

भौगोलिक दृष्टिकोण से हिमालय पर यह ग्रन्थ एक महत्वपूर्ण सूचना स्रोत है परन्तु यह अद्यतन नहीं है।

19. **भारतभ्रमण / साधुचरण प्रसाद – बम्बई : खेमराज श्रीकृष्णदास, 1909. (पाँच खण्डों में) ।**

यह कृति भारत पर एक मार्गदर्शिका के रूप में सन् 1909 पाँच खण्डों में प्रकाशित हुआ है तथा यह बम्बई के खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन से प्रकाशित है ।

इसमें भारत भ्रमण से पूर्व भारत के विभिन्न प्रान्तों के पर्यटन सम्बन्धी आवश्यक सूचनाओं जैसे भौगोलिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं जलवायु की विस्तृत जानकारी अलग-अलग कुल पाँच खण्डों में प्रस्तु की गयी है । इस कृति के ग्रन्थकार साधुचरण प्रसाद है तथा वर्तमान में इस ग्रन्थ का अद्यतन संस्करण उपलब्ध नहीं है ।

20. भारतानुवर्णनम् / गणपतिशास्त्री टी.त्रिवेन्द्रम् (ग्रन्थकार)–1925, 2; 99 पृ. ।

यह ग्रन्थ गणपतिशास्त्री द्वारा प्रणीत "भारतानुवर्णनम्" संस्कृत भाषा में प्रकाशित भौगोलिक सूचना का एक महत्वपूर्ण प्राचीन स्रोत है । इसे 1925 ई. सन् में प्रकाशित किया गया है तथा इसमें कुल 99 पृष्ठों में सम्पूर्ण भारतवर्ष के धार्मिक, पौराणिक, भौगोलिक तथा सांस्कृतिक विशेषताओं से सम्बन्धित तथ्यों का सविस्तार वर्णन किया गया है ।

भारत से सम्बन्धित संस्कृत में प्रकाशित-भौगोलिक स्रोत के रूप में यह एक महत्वपूर्ण कृति है ।

21. यात्रा के पन्ने / राहुल सांस्कृत्यायन - देहरादून : साहित्य सदन, 1952, 440 पृ.।

यह ग्रन्थ सन् 1952 में देहरादून के साहित्य सदन से प्रकाशित है तथा इसके लेखक राहुल-सांस्कृत्यायन हैं । इसमें लेखक ने किसी स्थान विशेष की यात्रा के सम्बन्ध में न लिखकर अपने सम्पूर्ण यात्रा से सम्बन्धि कुछ अंशों को ही प्रस्तुत किया है। यह ग्रन्थ एक प्रकार से यात्रा वृत्तांत का प्रमुख उदाहरण है ।

इसके अध्ययन से जिज्ञासु पाठकों को तत्कालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति के साथ ही साथ भौगोलिक परिवेश की जानकारी मिलती है ।

22. हुएन सांग का भारत भ्रमण; ठाकुर प्रसाद शर्मा (सुरेश) द्वारा अनुवादित-प्रयाग : इण्डियन प्रेस लिमिटेड, 1929, 708 पृ.।

इस ग्रन्थ में प्रसिद्ध चीनी यात्री हुएनसांग के भारत भ्रमण की सम्पूर्ण वृत्तांत वर्णित है। यह ग्रन्थ सन 1929 में प्रयाग के इण्डियन प्रेस लिमिटेड द्वारा अनुवादित रूप में प्रकाशित है तथा इसके अनुवादक ठाकुर प्रसाद शर्मा (सुरेश) हैं। इसमें कुल 708 पृष्ठों का उपयोग हुआ है । इसमें हुएनसांग के समय में भारत में बौद्धमत तथा भगवान बुद्ध के प्रति जनता के हृदय में कितनी श्रद्धा थी, आदि की सूचनाएँ वर्णित है । इसमें उस समय के भारत में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक दशाओं की विस्तार से विवेचना प्रस्तुत की गयी है ।

इसमें अंकित तत्कालीन भारत के विभिन्न स्थानों के नामों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया गया है तथा उनके पुराने नामों के आगे (कोष्ठक) में आधुनिक नामों का उल्लेख भी है ।

यह कृति प्राचीन भारत के भौगोलिक सूचनाओं के साथ ही साथ इतिहास के विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के लिए एव महत्वपूर्ण सन्दर्भ स्रोत है।

23. सम्पूर्ण भारत के सांस्कृतिक पर्यटन स्थल/जगमोहन नेगी एवं अन्य—नई दिल्ली : तक्षशिला प्रकाशन, 1977, 319 पृ.

यह ग्रन्थ भारत के सम्पूर्ण सांस्कृतिक पर्यटन स्थल से सम्बन्धित एक मार्गदर्शिका के रूप में प्रकाशित है । इसमें भारत से सम्बन्धित पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों एवं स्थानों के सूचनाओं को कुल पाँच खण्डों में प्रस्तुत किया गया है । प्रथम खण्ड में भारत परिचय के अन्तर्गत पर्यटन मानचित्र, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय चिह्न एवं राष्ट्रीय गान का वर्णन है, जबकि शेष चार खण्डों में पर्यटन केन्द्रों से सम्बन्धित सूचनाओं के वर्णन के साथ उत्तर, पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण के पर्यटन मानचित्रों के अतिरिक्त अन्य आवश्यक सूचनाओं को संकलित किया गया है ।

यह पुस्तक भ्रमण करने वाले पर्यटकों के साथ ही साथ सभी श्रेणी के पाठकों के लिए भी उपयोगी है ।

24. Megasthanis Indicis / F.A. Schuvanbeck.-Bonnae, Publications, 1846. ix; 194 p.

Poona : University of Poona (Vol.-1; 1973-)

125. Research Journal of Philosophy.
Ranchi : Ranchi University (Vol.-1; 1965-)

126. Bulletin of Rma Krishna Mission Institute of Culture .
Kolkata (Vol.-1;--)

127. Divya Jyoti.

128. Mountain Path.

129. Journal of Indian Council of Philosophical Research.
New Delhi (Vol-1;--)

130. Philosophy and Social Action.

131. Research Journal of Philosophy and Social Science.

132. Path way to God.

133. Yoga and Total Health.

दर्शनशास्त्र के प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाएँ :

134. British Journal of Philosophy of Science (Uk).
135. Ethics (USA)
136. History of religions (USA).
137. Journal of Philosophy (USA).
138. Mind (UK).
139. Philosophy : East and West (USA).
140. Philosophical Quarterly (UK).
141. Review of Metaphysics (USA)

योग एवं मीमांसा के प्रमुख पत्र पत्रिकाएँ :

142. Yoga Mimamsa
Bombay (Vol.-1; 1924-)
143. मीमांसा प्रकाश
पूणे (खण्ड-1; 1936-)
144. Journal of the Yoga Institute.
Santacruz (Vol.1; 1954-)

धर्मशास्त्र के प्रमुख शोध पत्रिकाएँ, धारावाहिक एवं पत्र-पत्रिकाएँ ।

146. Theosophy in India. Banaras (Vol.-1; 1903-)
147. Savita (Veda Sansthan) Ajmer (Vol.-1; 1946-)
148. कल्याण
गोरखपुर : गीता प्रेस (खण्ड-1; 1931-)
149. वेद वाणी
वाराणसी (खण्ड-1; 1947-)
150. Journal of Dharm (Quarterly).
Banglore (Vol-1; 1947-)
151. अन्नदापुष्पांजलि
वाराणसी : अन्नपूर्णा मन्दिर (खण्ड-1; 1977-)
152. गीता धर्मः
वाराणसी : गीता प्रचार मन्दिर (खण्ड-1; 1935-)

153. गीता संगीत
इलाहाबाद (खण्ड-1; 1973-)

154. श्रीरामानन्द सन्देश
अहमादाबाद : रामानन्द सन्देश कार्यालय (खण्ड-1; 1959-)

155. राष्ट्र धर्म
लखनऊ (खण्ड-1; 1964-)

156. वेदोधारिणी ।
दिल्ली : वेदोधारिणी सभा (खण्ड-1; 1985-)

157. व्रजगंधा
मथुरा : रामाश्रय कृष्णापुरी (खण्ड-1; 1985-)

158. श्री कबीर शांति सन्देश
वाराणसी : कबीर रोड (खण्ड-1; 1977-)

159. सनातनशास्त्रक.
कलकत्ता (खण्ड-1; 1373-)-अवधि बांग्ला में अंकित है ।

160. सत्यानन्दम्
कलकत्ता : सत्यानन्द देवायतन (खण्ड-1; 1988-)

161. सन्देश
वाराणसी (खण्ड-1; 1977-)

162. सविता (मासिक पत्रिका)
अजमेर : वेद संस्थान (खण्ड-1; 1949-)

163. हिन्दू विश्व
नई दिल्ली : विश्व हिन्दू परिषद (खण्ड-1; 1965-)

164. Hindu Spiritual Magazine.
(Vol.-1; 1906-)

165. The Journal of the Sri Sankaragurukulam.
Srirangam (Vol.1; 1939-)

166. Kailash : Journal of Himalayan Studies.
Nepal : Kathmandu (Vol.1; 1973-)

167. मानव धर्म
नई दिल्ली (खण्ड-1; 1984-)

168. वेद-प्रदीप
बम्बई (खण्ड-1; 1985-)

169. गुरूकुल पत्रिका
हरिद्वार : गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय (खण्ड -1; 1948-)

170. The Sikh Review.
Calcutta (Vol.-1; 1952-)

पुराणशास्त्र के प्रमुख धारावाहिक एवं शोध पत्रिकाएँ :

171. Puranam.
Varnasi : Kashi Raj Fort Ramnagar (Vol.1; 1959-)

172. Puran Buletin.

173. नैमिषीयम्
सीतापुरः पौराणिक तथा वैदिक अध्ययन एवं अनुसन्धान संस्थान (खण्ड-1; 1980-)।

ज्योतिषशास्त्र के प्रमुख धारावाहिक एवं शोधपत्रिकाएँ :

174. ज्योतिष कल्प.
लखनऊ : अमिनाबाद (खण्ड-1; 1970-)

175. ज्योतिष-मार्तण्ड
जयपुर : वापुनगर (खण्ड-1; 1968-)

176. अन्तरिक्ष खगोल विज्ञान ज्योतिष मथुरा (खण्ड-1; 1979-)।

आयुर्वेदशास्त्र के प्रमुख धारावाहिक एवं शोध पत्रिकाएँ :

177. Journal of Ayurveda Hindu System of Medicine.
Calctutta (Vol.1; 1924-)

178. आयुर्वेद रहस्य
सौराष्ट्र : गोण्डल (खण्ड-1; 1914-)

179. आयुर्वेद भारती (बंगला)
कलकत्ता (खण्ड-1; 1961-)

180. आयुर्वेदलोक (त्रैमासिक)
गुजरात : जामनगर (खण्ड-1; 1964-)

181. आयुर्वेदालोक
कलकत्ता (खण्ड-1; 1961-)

182. धान्वन्तरीयम
गोरखपुर (खण्ड-1; 1975-)

पाण्डुलिपि विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति, भारतीय तथा प्राच्य विद्या के प्रमुख धारावाहिक एवं शोध पत्रिकाएँ :

183. Manuscript Journal (Sarda)
Bombay (Vol-1; 1940-)

184. Indian Linguistics
Poona Deccan College (Vol-1; 1931-)

185. Journal of Indological Research Institute.
Dwarka : Saradapeeth Pradipa (Vol-1; 1961-)

186. Bharatiya Sanskriti.
Bangalore (Vol.-1; 1954-)

187. Journal Of Indian History.
Trivendram : University of Kerela (Vol.-1; 1923-)

188. Memories of the Royal Asiatic Society Calcutta (Vol. 4; 1941-)

189. The Journal of Asiatic Society.
Calcutta (Vol. 1; 1841-)

190. Journal of the Royal Asiatic Society of Bengal.
Calcutta (Vl.-1; 1905-)

191. Indian Historical Quarterly.
Delhi (Vol. 1; 1925-)

192. पूर्णिमा (त्रैमासिक)
नेपाल (खण्ड-1;--)

193. The Journal of Oriental Research Madras. Madras (Vol.-4; 1927--)

194. Annals of the Bhandarkar Institute .
Poona (Vol.-1; 1918-)

195. Indian Antiquary - A journal of Oriental Research.
Bombay (Vol.-1; 1872-)

196. Journal of the American Oriental Society.
U.S.A. : Conneticut (Vol.-1; 1850-)

197. All Indian Oriental Conference.
Panjab : Hosiarpur (Vol.-1; 1920-)

198. Calcutta Oriental Journal.
Calcutta (Vol-1; 1933-)

199. The Poona Orientalist.
Poona : Oriental Book Agency (Vol.-1; 1936-)

200. Annals of Oriental Research University of Madras.
Madras (Vol.-1; 1936-)

201. Journal of the Kerela University Oriental Research Institute and Manuscript Library. Trivendraum (Vol.-1; 1945-)

202. Journal of the Oriental Institute of M.S. University. Baroda (Vol. 1; 1951-)

203. Pragna (प्रज्ञा)
वाराणसी : का. हि. वि. वि. (खण्ड-1; 1957-)

बौद्ध धर्म एवं पालि साहित्य के प्रमुख धारावाहिक एवं शोध पत्रिकाएँ :

204. Journal of Indian Buddhist Studies.
Japan : University of Tokio (Vol-1; 1952-)

205. Maha Bodhi.
Calcutta (Vol.-1; 1892-)

206. Tibet Journal.
Tibet : - (Vol. 1;--)

207. श्रमण विद्या.
वाराणसी : सं. सं. वि.वि. (खण्ड-1; 1988-)

208. प्रजासत्ताक (साप्ताहिक) सं.बी.सी. काबालें चन्द्रपुर (मराठी)।

209. श्रावस्ती (मासिक), श्रावस्ती (हिन्दी)।

210. धर्मदूत - महाबोधिसोसाइटी, सारनाथ, वाराणसी, (हिन्दी)।

212. Journal of the Pali Text Society. London : Pali Text Society (Vol.-1; 1882-)

213. महावोधि
वाराणसी : सारनाथ (खण्ड-1; - -)

जैन धर्म तथा प्राकृत साहित्य के प्रमुख मुद्रित पत्र-पत्रिकाएँ :

214. जैन सिद्धान्त भास्कर,
विहार : आरा :– (खण्ड-1; 1921-)

215. तीर्थकरं
इन्दौर : – (खण्ड-1; 1970-)

216. श्रमण
वाराणसी : पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान
(खण्ड-1; 1950-)

217. Jain Journal
Kolkata : Jain Bhawan (Vol. 1; - -)

218. Jainism (Ist English Jain Journal)
(Vol. 1;–)

219. Jain Digest (Quarterly)
North America : Federation of Jain Association (Vol. 1; - -)

220. अनेकान्त (त्रैमासिक)
नई दिल्ली : वीर सेवा मन्दिर (खण्ड-1; 2008-)

221. प्राकृत विद्या (छमाही)
नई दिल्ली : श्री कुन्द भारती ट्रस्ट
(खण्ड-1; 1998-)

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या साहित्य से सम्बन्धित प्रमुख "ई" एवं डिजिटल पत्र-पत्रिकाओं का विवरण ।

222. Jambuduipa Sanskrit Text and E-Journals.

223. E-magazin on Indian Languages Sanskrit, Pâli, Prakrit and other Indian Languages.

224. Kamat Research Database List of Indian Journals.

225. Gurukulam E-journals.

226. Indian Periodicals of E-Publications Online Journals.

227. E-Journal of Buddhist Ethics.

228. Sanskrit Vimarsha E-Journal.
New Delhi; RSS (Vol.-1;--)

229. Gawakesh E.- Magazin
Varanasi : SSVV (Vol. 1–)

230. E-Journal of American Oriental Society.

231. Spiritual Emagazines...

232. http://www.inbuds.net.

सन्दर्भ-ग्रन्थ

1. प्राचीन भारतीय लिपिमाला / राय बहादुर पं. गौरी शंकर हीराचन्द ओझा, मुंशीराम मनोहर लाल, नई दिल्ली, 1971, 150-155 पृ.।
2. सूचना एवं सन्दर्भ के प्रमुख स्त्रोत / एस.एम. त्रिपाठी एवं जे. एन. गौतम, वाई. के. पब्लिशर्स, आगरा, 2005. 302-303 पृ.
3. काशी की पाण्डित्य परम्परा / आचार्य बलदेव उपाध्याय, विश्व विद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1983 ।
4. संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास/राम गोपाल मिश्र, विवेक प्रकाशन, दिल्ली, 1980।
5. संस्कृत वाङ्मय कोश (ग्रन्थकार खण्ड)/श्रीधर भास्कर वर्णेकर, भारतीय भाषा परिषद, कोलकता, 1988, 266-267 पृ.
7. 20वीं शताब्दी के संस्कृत साहित्य को बिहार का अवदान / ब्रज मोहन तिवारी, आदित्य बुक सेन्टर, दिल्ली, 2002 ।
8. जयपुर की संस्कृत परम्परा / देवर्षि कलानाथ शास्त्री, हंसा प्रकाशन, जयपुर, 2000 ।
9. प्रकाशन सूची / सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 2008 ।
10. पालि साहित्य का इतिहास / भरत सिंह उपाध्याय, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, 1949 ।
11. जैन साहित्य का बृहद इतिहास / मोहन लाल मेहता, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी, 1964. प्राक्कथन ।
12. प्राकृत साहित्य का इतिहास / जगदिश चन्द्र जैन, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, 1961. भूमिका ।

□□

दशम अध्याय

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख भारतीय ग्रन्थालय, प्रकाशन प्रतिष्ठान एवं विश्व संस्कृत पुस्तक मेला-एक विहंगम अवलोकन

(Popular Indian Libraries, Famous Indian Publishers and the World Book Fair of Sanskrit and Oriental Learnings : A Birds eye View)

1. भूमिका (Introduction)-

प्राचीन भारत वर्ष के जितने शिक्षा केन्द्र थे उनमें नालन्दा महाविहार का नाम अन्यतम था । एक बौद्ध विश्वविद्यालय होने के कारण इसमें बौद्ध धर्म, दर्शन इतिहास, निरूक्त, न्याय आदि शास्त्रों के अध्ययन के साथ ही साथ ब्राह्मण तथा अन्य धर्म, दर्शन आदि शास्त्रों की भी यहाँ ऊँची से ऊँची स्तर की पढ़ाई होती थी तथा इस शिक्षा केन्द्र में तीन विशाल ग्रन्थालय थे । इसके अतिरिक्त प्राचीन कालीन भारत के अन्य प्रान्तों में भी पारम्परिक शिक्षा के अध्ययन एवं अध्यापन की व्यवस्था संचालित होती थी । प्राचीन भारत वर्ष में काशी (वर्तमान वाराणसी), नालन्दा, तक्षशिला, कश्मीर एवं मगध संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के अध्ययन एवं अध्यापन के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित थे । वलभी विश्वविद्यालय, विक्रमशीला वि.वि. जगदल वि.वि. एवं ओदन्तपुरी वि.वि. इसके प्रमुख उदाहरणों में सम्मिलित किया जा सकता है । जातक युग में काशी (वर्तमान वाराणसी) वेद विद्याओं के अध्ययन एवं अध्यापन के लिए विख्यात थी । बोधिसत्व द्वारा संचालित काशी के विद्यालय में सौराष्ट्रों से आये हुए ब्राह्मण और क्षत्रिय कुमार वैदिक साहित्य का अध्ययन करते थे । इसी प्रकार कश्मीर में कुछ आचार्यों के घर पर भी विद्यालय थे । मन्दिरों में बड़े-बड़े विद्यालय होते थे । राजा अवन्ति वर्मा के मन्त्री शूर ने महोदय में महोदय स्वामी की प्रतिष्ठा की थी तथा उस मन्दिर में राम उपाध्याय वैयाकरण को व्याख्याता बनाया । विद्यार्थियों के रहने के लिए मठों का निर्माण होता था । कल्हण द्वारा रचित साहित्य में "यशकर" नामक एक ब्राह्मण राजा को मठ निर्माता के रूप में दर्शाया गया है । इन मठों में रहकर अध्ययन करने

वाले विद्यार्थियों को ग्रन्थालय की सुविधा भी दी जाती थी जिनमें वैदिक साहित्य के विभिन्न हस्तलेखों को संग्रह किया जाता था ।

बौद्ध शिक्षण संस्थाओं के प्रसिद्ध प्रवर्तक गौतम बुद्ध थे । प्राचीन भारत वर्ष में हिन्दू धर्म एवं वैदिक साहित्य के साथ ही साथ बौद्ध धर्म तथा बौद्ध साहित्य का अध्ययन एवं अध्यापन अपने चरमोत्कर्ष पर था। नालन्दा महाविहार विश्वविद्यालय, नालन्दा तथा तक्षशिला विश्वविद्यालय, तक्षशिला इसके स्पष्ट प्रमाण हैं ।

प्राचीन भारत में जैन साहित्य के अध्ययन एवं अध्यापन के क्षेत्र में जैन धर्म के चौबिसवें एवं अन्तिम तीर्थंकर भगवान महावीर से आरम्भ होती है । ऐसे तीर्थकरों का शालाका भवनों में होना सम्भव नहीं था । उनके शिष्य संघ आचार्यों के साथ ही देश-देशान्तर में पर्यटन करते रहे । परन्तु शनैःशनैः जैन मुनियों तथा आचार्यों के लिए गुफा, मन्दिर तथा तीर्थ क्षेत्र के मन्दिर आदि बनने लगे । इन विद्यालयों का स्वरूप बहुत कुछ वैदिक और बौद्ध संस्कृति के विद्यालयों के अनुरूप ही था । इससे यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन कालीन बहुआयामी भारतीय शिक्षा प्रणाली पूर्णरूपेण विकसित थी जिसकी प्रसिद्धि विश्व के अन्य राष्ट्रों में भी महसूश की गयी थी । परिणाम स्वरूप अनेक विदेशी यात्री, शासक तथा आक्रमणकारी अपने-अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए यहाँ पर आते गये जिसके कारण प्राचीन काल से चली आ रही भारतीय शिक्षा प्रणाली एवं ग्रन्थालय व्यवस्था बहुत अधिक प्रभावित हुई । 12वीं शताब्दी में तुर्क आक्रमणकारियों द्वारा नालन्दा महाविहार के विशाल ग्रन्थालय को अग्नि के हवाले किया जाना तथा ब्रिटिश हुकुमत के दौरान भारत में अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली को लागू किया जाना इसके स्पष्ट प्रमाण हैं । ब्रिटिश शासन स्थापित होने के कुछ ही समय बाद भारत वर्ष में आधुनिक शिक्षा प्रणाली को शुरू किया गया जो किसी भी रूप में भारतीय जनमानस के लिए उपयुक्त नहीं थी । ठीक इससे पूर्व मुगलों की शासन थी, फिर भी संस्कृत आधारित पारम्परिक शिक्षा प्रणाली एवं ग्रन्थों के रख रखाव, उपयोग एवं संरक्षण के लिए ग्रन्थालयों के उपयोग की उत्तम व्यवस्था थी। इस बात की पुष्टि एक विदेशी यात्री बर्नियर के यात्रा वृत्तान्त में स्पष्ट उल्लेख है कि वाराणसी यात्रा के दौरान उसने कवीन्द्राचार्य सरस्वती नामक विद्वान से भेंट किया था जिसके पास एक समृद्ध संस्कृत ग्रन्थालय था जिसमें संस्कृतशास्त्र के विभिन्न विषयों की लगभग दो हजार हस्तलेख ग्रन्थ थे। इसका उल्लेख आचार्य बलदेव उपाध्याय के "काशी की पाण्डित्य परम्परा" नामक ग्रन्थ तथा नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी द्वारा प्रकाशित हिन्दी विश्वकोश (11) खण्ड में भी अंकित है .।

इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय आधुनिक शिक्षा प्रणाली तथा आधुनिक ग्रन्थालय व्यवस्था में प्राचीन संस्कृत शास्त्रों के ग्रन्थालय संकलनों एवं इनके संरक्षण तथा उपयोग से सम्बन्धित विभिन्न तकनिकों एवं विधियों की भूमिका सर्वोपरी रही है।

2. संस्कृत ग्रन्थालयों के विभिन्न प्रकार-

संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के संकलनों के विकास में योगदान करने वाले ग्रन्थालयों को सामान्य रूप से चार श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है । जैसे शैक्षणिक संस्कृत ग्रन्थालय (2) विशिष्ट संस्कृत ग्रन्थालय (3) सार्वजनिक संस्कृत ग्रन्थालय एवं (4) निजी संस्कृत ग्रन्थालय ।

संस्कृत ग्रन्थालयों के इन चार श्रेणियों का विस्तृत विवरण निम्नवत है-

(1) शैक्षिक संस्कृत ग्रन्थालय—इस श्रेणी के अन्तर्गत उन सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालय ग्रन्थालयों को सम्मिलित किया जा सकता है जो प्रत्यक्ष रूप से संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित संकलनों के उपयोग, संरक्षण एवं विकास में योगदान करते हैं । सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के सरस्वती भवन ग्रन्थालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के केन्द्रीय ग्रन्थालय, गोयनका संस्कृत महाविद्यालय विश्वनाथ पुस्तकालय, प्राच्य विद्या धर्म विज्ञान संकाय विभागीय ग्रन्थालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं रणवीर संस्कृत विद्यालय ग्रन्थालय, का.हि.वि.वि., वाराणसी इस श्रेणी के प्रमुख उदाहरण हैं ।

(2) विशिष्ट संस्कृत ग्रन्थालय—इस श्रेणी के अन्तर्गत संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के शोध संस्थानों एवं सूचना केन्द्रों के उन ग्रन्थालयों को सम्मिलित किया जा सकता है जो प्रत्यक्ष रूप संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के साहित्य के प्रलेखन कार्य संकलन विकास, संरक्षण तथा उपयोग सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों को सम्पादित करते हैं। भण्डारकर ओरियन्टल शोध संस्थान ग्रन्थालय, पूना, विश्वेश्वरा वैदिक शोध संस्थान, होशियारपुर, गायकवाड़ ओरियन्टल शोध संस्थान ग्रन्थालय, बड़ौरा, नैमिषारन्य पौराणिक एवं वैदिक शोध संस्थान, सीतापुर, उच्च तिब्बतन शिक्षा संस्थान, सारनाथ, वाराणसी एवं पार्श्वनाथ जैन शोध संस्थान, करौंदी वाराणसी के ग्रन्थालय इसके प्रमुख उदाहरण है ।

(3) सार्वजनिक संस्कृत ग्रन्थालय—इसी श्रेणी के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रीय पुस्तकालय, दिल्ली सार्वजनिक ग्रन्थालय दिल्ली तथा भारत के विभिन्न प्रान्तों में राज्य सरकारों द्वारा संचालित सार्वजनिक ग्रन्थालयों को सम्मिलित किया जा सकता है जो प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संस्कृत शास्त्रों के ग्रन्थों के संग्रहण, उपयोग एवं संकलन विकास के लिए कटिबद्ध हैं। राष्ट्रीय ग्रन्थालय कोलकता, दिल्ली सार्वजनिक ग्रन्थालय दिल्ली, मुम्बई राजकीय ग्रन्थालय, मुम्बई तथा कन्नेमारा राजकीय ग्रन्थालय, चेन्नई में स्थापित पालि, प्राकृत एवं संस्कृत विभाग / प्रभाग के साथ ही साथ भारत के सभी प्रान्तों के राजकीय सार्वजनिक ग्रन्थालयों में संस्कृत संकलनों को सम्मिलित किया जा सकता है । उपर्युक्त वर्णित सभी ग्रन्थालय इस श्रेणी के प्रमुख उदाहरण हैं।

(4) निजी संस्कृत ग्रन्थालय–इस श्रेणी के अन्तर्गत संस्कृत के उन सभी ग्रन्थालयों, सूचना केन्द्रों एवं संस्थाओं को सम्मिलित किया जा सकता है जिसका स्वामित्व अथवा नियंत्रण किसी निजी व्यक्ति या संस्था के अधीन संचालित होती है। भारत के राजपरिवारों की ग्रन्थालयों, राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों के निजी ग्रन्थालयों, आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चारों पीठों के ग्रन्थालयों, प्रमुख उद्योपतियों एवं निजी व्यक्तियों द्वारा स्थापित ग्रन्थालयों तथा मठों एवं मन्दिरों के ग्रन्थालयों को इस श्रेणी के अन्तर्गत सम्मिलित किया जा सकता है । नेपाल नरेश राजकीय ग्रन्थालय, नेपाल, काशी नरेश फोर्ट ग्रन्थालृय, रामनगर, वाराणसी, ग्वालियर ग्रन्थालय, कश्मीर, थियोसाफिकल ग्रन्थालय, वाराणसी एवं काशी विश्वनाथ मन्दिर ग्रन्थालय, वाराणसी इस श्रेणी के प्रमुख उदाहरण हैं।

3. संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के प्रसिद्ध ग्रन्थालय :

1. नालन्दा विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, नालन्दा–

प्राचीन भारतवर्ष के जित्ने शिक्षा केन्द्र थे उनमें नालन्दा महाविहार का स्थान अन्यतम था । इसके अवशेष विहार प्रान्त के राजधानी पटना से प्रायः 55 मील दक्षिण-पूर्व में विस्तृत क्षेत्र के रूप में विद्यमान है। एक बौद्ध विश्वविद्यालय होने के कारण बौद्ध, धर्म, दर्शन इतिहास, निरक्त, न्याय आदि शास्त्रों के अध्ययन के प्रमुख केन्द्र के अध्ययन के साथ ही साथ ब्राह्मण तथा अन्य धर्म, दर्शन आदि शास्त्रों की भी यहाँ ऊँची से ऊँची पढ़ायी होती थी ।

एक चीनी यात्री युवानच्वाङ्ग ने नालन्दा के पुस्तकालय का बड़ा गौरवपूर्ण उल्लेख किया है । तिब्बती विवरणों से भी स्पष्ट होता है कि पुस्तकालयों का एक विशिष्ट क्षेत्र था जिसे धर्म गंज के नाम से पुकारा जाता था, जिसमें रत्नसागर, रत्नोदधि तथा रत्नरंजक नामक तीन विशाल ग्रन्थालय थे । रत्न सागर का भवन नौं मंजिला था जिसमें हजारों ग्रन्थ संगृहित थे। नालन्दा के इस विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थालय में विदेश से आने वाले यात्रियों में चीनी यात्री युवानच्वाङ्ग ने अनेक पुस्तकों का अनुवाद इसी ग्रन्थालय में किया था । तदनन्तर एक अन्य विदेशी इत्सिंग ने भी दस वर्ष निरन्तर परिश्रम कर पाँच लाख श्लोकों के परिणाम के चार सौ संस्कृत ग्रन्थों का संग्रह किया था ।

परन्तु दुर्भाग्यवस 12वीं शताब्दी में तुर्कों के आक्रमण से नालन्दा महा विहार तथा इसके समृद्ध ग्रन्थालय में संगृहित ग्रन्थों की बहुत क्षति हुई थी । इन तुर्क आक्रमणकारियों ने इस ग्रन्थालय के अमूल्य ग्रन्थ रत्नों को आग के हवाले कर दिया जिससे ये सारे वौधिक सम्पदा सदा के लिए भस्म हो गये जिनका उल्लेख मात्र हमें चीनी और तिब्बती ग्रन्थों के माध्यम से प्राप्त होते हैं। शताब्दियों बाद बिहार सरकार के सहयोग से नालन्दा के अतीत

गौरव को पुनर्जिवित करने के उद्देश्य यहाँ नव नालन्दा महाविहार नालन्दा पालि प्रतिष्ठान) की स्थापना सन् 1851 में हुई । यह संस्था एक समृद्ध ग्रन्थालय के साथ ही पालि, बौद्ध धर्म, संस्कृति, इतिहास आदि विषयों के उच्चतम अध्ययन एवं अनुसंधान की दिशा में अग्रसर है । इस शिक्षा केन्द्र में अद्यावधि दस से अधिक एशियायी देशों एवं यूरोपिय देशों के छात्र अध्ययनरत है तथा हाल ही में भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय मानित विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया गया है ।

2. तक्षशिला विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, तक्षशिला -

तक्षशिला का विश्वविद्यालय एवं इसका ग्रन्थालय महाभारत काल से ही सारे भारत वर्ष में विख्यात था । इस विश्वविद्यालय में शिक्षा पाने के लिए काशी, राजगृह, पंचाल, मिथिला और उज्जयनी प्रदेशों से विद्यार्थी जाते थे । इस विश्वविद्यालय में तीन वेदों के साथ हस्तिसूत्र, धनुर्वेद तथा 18 शिल्पों की शिक्षा दी जाती थी। पाणिनि तथा कौटिल्य ने भी सम्भवतः तक्षशिला विश्वविद्यालय में ही शिक्षा पायी थी । इस विश्वविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विभिन्न विषयों से सम्बन्धित हस्तलेख ग्रन्थों के उपयोग एवं रख रखाव के लिए एक विशाल एवं समृंद्ध ग्रन्थालय था तथा यह पुरा विश्वविद्यालय पहाड़ियों पर बने हुए थे । इसका प्राकृतिक दृश्य बहुत रमणीय था । महाभारत के आदि पर्व में लिखा है कि राजा जनमेजय ने तक्षशिला पर अधिकार कर लिया था जो पूर्वकाल में भरत के ज्येष्ठ पुत्र तक्ष की राजधानी हैं। जबकि पाश्चात्य विद्वानों के मत में तक्कजाति ने तक्षशिला नगरी स्थापित की थी। राजा कनिष्क के समय तक्षशिला में बौद्ध धर्म का प्रचार चरमोत्कर्ष पर था ।

परन्तु समय के साथ-साथ तक्षशिला का विश्वविद्यालय तथा समृद्ध पुस्तकालय काल कालवित हो गया तथा वर्तमान में इसके अवशेष मात्र देखने को मिलते हैं ।

3. कवीन्द्राचार्य सरस्वती ग्रन्थालय, वाराणसी-

कवीन्द्राचार्य सरस्वती ई. सन् 1832 के आस पास काशी में आकर सदा के लिए यहाँ पर वस गये । काशी में तत्कालीन पंडितों में उनका विशेष आदर था । आप केवल एक सन्यासी ही नहीं थे बल्कि संस्कृत के एक प्रकाण्ड विद्वान भी थे । इनका पुस्तकालय बड़ा विशाल था जिसमें कुल दो हजार दो सौ पुस्तकें हस्तलिखित रूप में विद्यमान थी । उस अतीत काल में जब पुस्तकों की कैटला गिंग प्रणाली प्रचलित नहीं थी, कवीन्द्राचार्य ने अपने पुस्तकालय की हस्तलेख ग्रन्थों का सूचीपत्र तैयार किया था । जिस प्रकार आधुनिक पुस्तकालयों की प्रत्येक ग्रन्थ पर उस महाविद्यालय या विश्वविद्यालय की सील (मोहर या मुद्रा) अंकित रहती है ठीक उसी तरह आज से तीन सौ अट्ठाईस वर्ष पूर्व कवीन्द्राचार्य ने अपनी समस्त हस्तलेख ग्रन्थों के मुख पृष्ठ पर "सर्वविद्यानिधाम कवीन्द्राचार्य सरस्वतीनां पुस्तकम्" यह मुद्रा सील या मुहर अंकित की थी जिससे आज इन ग्रन्थों को पहिचानने में बड़ी सरलता होती है।

कवीन्द्राचार्य सरस्वती सन्यासी थे । अतः इनका कोई उत्तराधिकारी नहीं था । इन्होंने अपनी कोई गद्दी भी स्थापित नहीं की । अतएव इनकी स्वर्गारोहण के पश्चात् इनका विशाल पुस्तकालय विखर गया अथवा नष्ट हो गया । इनके पुस्तकालय के अधिकांश ग्रन्थों को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने खरीद लिया है जिससे उनकी सुरक्षा हो रही है । कवीन्द्राचार्य के पुस्तकालय की अनेक हस्तलेख ग्रन्थ ओरियन्टल इन्स्टटीयूट बड़ौदा में विद्यमान हैं जिनकी पहिचान उनके मुख पृष्ठ पर लिखे "सर्वविद्यानिधान कवीन्द्राचार्य सरस्वतीनां पुस्तकम्" इस उल्लेख से होती है ।

गायकवाड़ ओरियन्टल इन्स्टीयूट बड़ौदा ने इन हस्तलेख ग्रन्थों का एक सूचीपत्र कवीन्द्राचार्य सूचीपत्रम् के नाम से गायकवाड़ ओरियन्टल सीरीज संख्या - 17 को बड़ौदा से सन् 1921 में प्रकाशित किया गया था । डा. गंगानाथ झा ने उस सूचीपत्र की भूमिका में लिखा है कि "कवीन्द्राचार्य सन्यासी थे और एक धनी व्यक्ति थे । ऐसी दशा में इनके पुस्तकालय का विशाल एवं समृद्ध होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है ।"

कवीन्द्राचार्य की कुछ हस्तलिखित पुस्तकें भण्डारकर ओरियन्टल शोध संस्थान पूना में भी सुरक्षित हैं। इस शोध संस्थान में जनार्दन के द्वारा लिखित (1514-1558) तत्वालोक नामक ग्रन्थ का एक हस्तलेख विद्यमान है जिसपर यह वाक्य अंकित है," श्रीमत विद्यानिधान कवीन्द्राचार्य सरस्वतीनां वेदान्त तत्व लोकः ।"

इन उल्लेखों से पता चलता है कि कवीन्द्राचार्य सरस्वती का पुस्तकालय कितना विशाल तथा महत्वपूर्ण था । उनके स्वर्गरोहरण के पश्चात् इनका कोई उत्तराधिकारी न होने के कारण यह सुसंगठित ग्रन्थालय विखर गया और इसकी हस्तलिखित पुस्तकें पूना, बड़ौदा, विकानेर, जयपुर, जोधपुर तथा कलकत्ता आदि स्थानों पर विखर गयी है। काशी में अध्ययन करने वाले अकिंचन छात्र इसका उपयोग करते थे ।

इस प्रकार कवीन्द्राचार्य सरस्वती अनेक शास्त्रों के प्रौढ़ विद्वान थे तथा वे ग्रन्थ संग्रह करने में विशेष अभिरूचि रखते थे । उनका अनेक दुर्लभ हस्तलेखों से मण्डित पुस्तकालय उनकी वैदुषी तथा नाना शास्त्रों की अभिज्ञता का पर्याप्त सूचक था ।

एक फ्रांसीसी यात्री वर्नियर जब बनारस आया था तब उसने अपने मित्र के पास भेजे गये एक पत्र में लिखा है, "जब मैं गंगा किनारे घूम रहा था तब मैंने बनारस के प्रधान पण्डित को अपने पुस्तकालय में बैठा देखा । यह सन्यासी और भक्त है। बर्नियर के इस उल्लेख से भी इसकी प्रमाणिकता सिद्ध होती है ।

4. सरस्वती भवन ग्रन्थालय, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

सरस्वती भवन ग्रन्थालय का संक्षिप्त परिचय :

गत शताब्दी के अन्तिम चरण में भी संस्कृत के दुर्लभ ग्रन्थों के हस्तलेखों की खोज का काम ब्रिटिश सरकार के आदेश से किया जाने लगा । काशी राजकीय संस्कृत विद्यालय

(संस्कृत कालेज) में अनेक दुर्लभ हस्तलेखों का संग्रह धीरे-धीरे होने लगा, परन्तु उनके संग्रह की सुव्यवस्था का नितांत अभाव था । 12 जनवरी 1906 ई. को बनारस के तत्कालीन कमिशनर श्री जोनाथन डंकन बेली के निवास स्थान पर आयोजित सभा में निश्चय किया गया कि एक ऐसे पुस्तकालय का निर्माण किया जाय जिसमें राजकीय संस्कृत महाविद्यालय द्वारा संगृहित बहुमूल्य हस्तलिखित ग्रन्थों को जिज्ञासुजन सुगमता पूर्वक देख सके। इस ग्रन्थालय को प्रिन्स ऑफ वेल्स के काशी आगमन का स्मारक बनाने का भी निश्चय किया गया । तदनुसार 16 नवम्बर 1907 को प्रान्त के सर्वोच्च अधिकारी सर जान हिवेट के द्वारा वर्तमान सरस्वती भवन का शिलान्यास किया गया तथा निर्माण पुरा हो जाने पर डा. वेनिश के शासनकाल में ही 6 फरवरी 1914 को इसका विधिवत उद्घाटन किया गया । उसके पूर्व ही प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष पं. सुधाकर द्विवेदी के अध्यापक पद पर नियुक्त होने के बाद यह रिक्त पद पं. विन्ध्येश्वरी प्रसाद द्विवेदी को दिया गया । सरस्वती भवन में हस्तलेखों के विशाल संग्रह करने में द्विवेदी जी का कार्य सदा आदर के साथ स्मरण किया जाता है । इनके बाद म.म. पं. गोपीनाथ कविराज सरस्वती भवन ग्रन्थालय के पूर्ण रूपेण अध्यक्ष हुए तथा इनके अनन्तर पं. नरायण शास्त्री खिस्ते ने यह पद ग्रहण किया ।

सरस्वती भवन ग्रन्थालय–वर्तमान सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व रूप बनारस के तत्कालीन रेजीडेन्ट द्वारा 1791 ई. में स्थापित संस्कृत पाठशाला के साथ ही इस विश्व प्रसिद्ध सरस्वती भवन पुस्तकालय की भी स्थापना हुई थी । श्री डंकन ने इस पाठशाला की स्थापना से होंने वाले लाभों की ओर इंगित करते हुए ईस्ट इण्डिया कम्पनी के तात्कालिक गवर्नर लार्ड कार्नवालिस को जो पत्र लिखा था, उसमें प्रथम लाभ के अन्तर्गत इस पाठशाला की स्थापना से संस्कृत वाङ्मय के अभ्युदय, संरक्षण तथा विकास के साथ-साथ स्पष्ट रूप से पुस्तकालय की स्थापना की ओर संकेत किया था । श्री डंकन के पत्र में प्रस्ताव इस प्रकार से था–

प्रस्तावित पाठशाला की स्थापना से दो प्रकार के लाभ सम्भावित है पहला लाभ अंग्रेज जाति को यह होगा कि यहाँ की हिन्दू जनता यह समझने लगेगी कि उनसे तथा उनके धर्म एवं सिद्धान्तों से कितना स्नेह हम करते हैं; उतना स्नेह उन्हें अपने देशी नरेशों से नहीं प्राप्त है । अतः इससे अंग्रेज उनके प्रीति भाजन बन सकेंगे । यद्यपि बनारस में सदा से व्यक्तिगत पाठशालाओं में अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था रही है, किन्तु जैसी पाठशाला की स्थापना प्रस्तावित की जा रही है, ऐसी पाठशाला यहाँ पहले कभी भी स्थापित नहीं हुई और इसके अभाव में हिन्दू धर्म, कानून, कला एवं विज्ञान सम्बन्धी शास्त्रों का संग्रह एवं उनका ज्ञान प्राप्त करने में बड़ी कठिनाई हो रही है । इसे दूर करने के लिए ऐसी पाठशाला की स्थायी रूप से स्थापना अत्यन्त समीचीन होगी । इससे इस पाठशाला के आचार्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा इन क्षेत्रों में विद्यमान ग्रन्थों का संग्रह एवं संशोधन स्वल्प व्यय

में ही हो सकेगा और इस प्रकार पुरातन महत्वपूर्ण विद्या तथा परम्परा से सम्बन्धित ग्रन्थों का एक ऐसा पुस्तकालय स्थापित होगा, जो सम्प्रति सम्पूर्ण भूमण्डल में विद्यमान नहीं है।

इस प्रकार 1791 ई. में संस्कृत पाठशाला की स्थापना के साथ ही इस पुस्तकालय की स्थापना की ओर भी श्री डंकन की स्पष्ट दृष्टि थी और जब वाराणसी नगरी के कर्णघन्टा मुहल्ले के एक विशाल भवन में इस पाठशाला का श्री गणेश हुआ तो उसके साथ ही इस पुस्तकालय का भी शुभारम्भ हुआ । प्रारम्भ में इस पुस्तकालय के लिए किसी विशेष अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गयी और इसके प्रबन्ध ग्रन्थों क प्रतिलिपि एवं संशोधनादि का कार्य श्री डंकन के उपस्थिति प्रस्तावनानुसार पाठशाला समिति के मन्त्री के नियंत्रण में पाठसाला के अध्यापक एवं छात्रों द्वारा चलाये जाते रहे । 1791 ई. से लेकर 1813 ई. तक लगभग 23 वर्षों तक इस पुस्तकालय का कार्य इसी प्रकार से सम्पन्न होता रहा ।

किन्तु कालक्रम से संग्रह में अभिवृद्धि होने से जब पाठशाला के अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा पुस्तकालय का कार्य चलना कठिन प्रतीत होने लगा तब 1811 ई. में इसके लिए ग्रन्थाध्यक्ष की नियुक्ति एवं समुचित भवन निर्माण का निर्णय किया गया और इस निर्णय एवं 1813 ई. की वर्ड आख्या (रिपोर्ट) के आधार पर पुस्तकालय में ग्रन्थाध्यक्ष पद एवं दो सहायक पदों का सृजन हुआ । ग्रन्थाध्यक्ष पद का वेतन रू. 100/00 मासिक तथा सहायकों का वेतन रू. 50/- मासिक निर्धारित हुआ तथा पुस्तकालय के प्रथम ग्रन्थाध्यक्ष के रूप में पं. मथुरानाथ शुक्ल की नियुक्ति हुई और कार्य में उनके सहायतार्थ दो सहायक नियुक्त हुए । यद्यपि पुस्तकालय का स्वतन्त्र भवन निर्मित नहीं हुआ और यह अभी भी पाठशाला भवन में ही स्थित था किन्तु स्वतन्त्र ग्रन्थाध्यक्ष तथा सहायकों की नियुक्ति से अब इसका स्वतन्त्र अस्तित्व स्थापित हो गया । 1818 ई. पं. मथुरानाथ शुक्ल के अचानक स्वर्ग वास होने के कारण पाठशाला के तत्कालीन प्रधानाचार्य पं. रामानन्द की देख-रेख में पुस्तकालय के कार्य को चलाने का निर्णय किया गया और सम्भवत : 1914 तक यही व्यवस्था चलती रही । 1818-1914 तक की अवधि में ग्रन्थाध्यक्ष पर स्वतन्त्र रूप से किसी व्यक्ति की नियुक्ति का साधिकार सन्दर्भ प्राप्त नहीं है, किन्तु अन्य स्रोतों से प्राप्त जानकारी से यह ज्ञात होता है कि इस अवधि में श्री यदुनाथ झा, श्री वेचनराम त्रिपाठी, श्री रामनाथ शुक्ल, श्री ढुण्डिराज शास्त्री, म.म. पं. सुधाकर द्विवेदी तथा म.म.पं. विन्ध्येश्वरी प्रसाद द्विवेदी प्रभृति विद्वानों ने पुस्तकालय के हस्तलिखित ग्रन्थों के प्रबन्ध का कार्य सम्पादित किया ।

कालान्तर में संस्कृत पाठशाला ने जब संस्कृत महाविद्यालय का रूप ग्रहण किया और विद्या सम्बन्धी इसके क्रिया कलापों से इसकी विश्व में प्रसिद्धि हुई तो आगे चलकर इस संस्कृत महाविद्यालय को 1904 ई. में विश्वविद्यालय का रूप देने का विचार लोकमानस में उत्पन्न हुआ और इसके लिए एक छात्रवास हिन्दू बोर्डिंग हाउस निर्मित कराने की योजा भी बनी । इस सम्बन्ध में यह ज्ञातव्य है कि यद्यपि अनेक कारणों से यह संकल्प

उस समय पूर्ण न हो सका और इसके फलस्वरूप कालान्तर में वाराणसी के स्थान पर प्रयाग में हिन्दू बोर्डिंग हाउस की स्थापना मात्र ही हो सकी । परन्तु इसी सन्दर्भ में यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी 1906 ई. को बनारस के तत्कालीन कमिश्नर श्री डंकन बेली के निवास स्थान पर एक सभा आयोजित हुई जिसमें श्री बेली के अतिरिक्त श्रीमान महाराजाधिराज श्री काशी नरेश, बनारस के कलेक्टर श्री रैंडिस, संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. आर्थर वेनिस माननीय बाबू मोतीचन्द, बाबू चारू चन्द्र विश्वास जो महाराजा विजयानगरम के प्रतिनिधि थे, राजा मुंशी श्री माधो लाल जी तथा काशी के अनेक लब्धप्रतिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। इस सभा ने यह निश्चय किया कि यद्यपि संस्कृत महाविद्यालय को संस्कृत विश्वविद्यालय का संकल्प पूर्ण नहीं हो सका है और यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो कम से कम एक ऐसे पुस्तकालय का निर्माण कराया जाय, जिसमें बनारस के संस्कृत महाविद्यालय में संगृहीत अमूल्य हस्तलिखित ग्रन्थ निधि के संरक्षण की व्यवस्था हो सके तथा ये ग्रन्थ जिज्ञासुओं को सुविधापूर्ण रीति से सुलभ हो सकें। सभा ने यह भी निश्चय किया कि यह पुस्तकालय प्रिंसेज आफ वेल्स के काशी आगमन का स्मारक होगा ।

इस दृष्टि से इस योजना के कार्यान्वय हेतु एक समिति गठित हुई, जिसके मन्त्री राजा मुंशी श्री माधोलाल जी बनाये गये । इस समिति ने देश के विभिन्न विशिष्ट एवं सम्पन्न महानुभावों की सहायता से इस कार्य हेतु कुल 1,21,665 रू. की धन राशि दान स्वरूप एकत्र की । कुल 32 दान कर्ताओं में से 31 दानकर्ताओं के द्वारा यह धन राशि प्राप्त हुए जबकि प्रथम दानकर्ता रानी साहिबा श्रीमती दुलहिन राय कुंवर, अवसान गंज में वर्तमान सरस्वती भवन के भवन निर्माण स्थान को ही दान स्वरूप भेंट कर दी। श्रीमान प्रिंस एवं प्रिसंजे ऑफ वेल्स के काशी आगमन के अवसर पर उक्त समिति के मंत्री द्वारा उन्हें प्रस्तावित सरस्वती भवन पुस्तकालय के निर्माण स्थल का निरीक्षण कराया गया तथा यह अनुमति भी प्राप्त की गयी कि इस स्थान पर निर्मित होने वाले पुस्तकालय के नाम के साथ प्रिंसेज ऑफ वेल्स का नाम भी जोड़ा जाय । तदन्तर 16 नवम्बर 1907 को सर जान हिवेट द्वारा वर्तमान सरस्वती भवन पुस्तकालय के भवन का शिलान्यास कार्य सम्पन्न हुआ तथा लगातार सात वर्षों तक संस्कृति तथा संस्कृत के प्रेमी, उदार राजाओं, महाराजाओं, श्रेष्ठ नागरिकों तथा कर्तव्यनिष्ठ राजकीच कर्मचारियों के अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप इस महान ग्रन्थालय का वर्तमान भव्य भवन 1914 ई. में निर्मित हो गया और इस उद्देश्य की पूर्ति के पीछे सबसे बड़ा प्रयत्न संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. आर्थर वेनिस का था । 6 फरवरी 1914 ई. शुकवार के शुभ दिवस पर सयुक्त प्रान्त के लेफ्टीनेन्ट गवर्नर महामहिम सर जेम्स स्कोंगी मेस्टन के.सी. एस. आई. की अध्यक्षता में सरस्वती भवन पुस्तकालय का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ तथा इसका नाम प्रिंसेज आफ वेल्स सरस्वती भवन पुस्तकालय घोषित

हुआ । इस अवसर पर महामहिम गवर्नर को निम्नांकित मानपत्र समर्पित किया गया—

पुण्याहं महदद्य यद् गुरुतरात् साम्राज्यकार्यन्निजात्,
संयुक्तावनिदेशशासकवरो लब्ध्वावकाशं क्षणम् ।
प्रिंसेज - वेल्स - सरस्वतीभवनकस्योद्घाटनाय स्वयं
लेडी मेस्टन-संयुतोऽत्र दयया मेस्टन् प्रभू राजते ॥1॥
सौभाग्यं किमु काशिवासिजनताभालस्थलोल्लेखितं
किं वा भारतखण्डपुण्यनिचयः पाकाभिमुख्यं गतः ।
आहोस्विन्निखिलावनीतलशुभोद्रेको यदत्राचलं
प्रिंसेस- वेल्स- सरस्वतीभवनकं प्रीद्घाटयते श्रीमता ॥2॥
पातालस्य तले प्रयातु विलयं बालिश्यमद्याचिरात्
ज्ञानज्योतिरुदेतु लोकहृदये निस्तन्द्रचन्द्रायितम् ।
प्राक्प्रत्यग्विषयस्थिता बहुविधा विद्याश्चिरायाधुना
मोदान्तं च मिथः समागमसुखं सम्प्राप्यभूमण्डले ॥3॥
ग्रावव्यूहदृढं मनोमलिनताधारावरोधक्षमं,
दुश्चिन्तातितिवाहिनीशतसमुत्तरैकसंसाधनम् ।
एतत् पुस्तकमन्दिरं वितनुतां पौरस्त्यपाश्चात्त्ययोः ।
संभेदे किल विद्ययोः सुखकंर सेतुत्वमत्रेति शम् ॥4॥

विक्रमीये संवत्सरे, 1960
माघे शुक्लपक्षे, 11 शुक्रे

सरस्वती भवन ग्रन्थालय को इस स्वतन्त्र भवन के प्राप्त होने पर 24 अप्रैल 1914 ई. को महामहोपाध्याय पं. गोपीनाथ कविराज इसके प्रथम पूर्णकालिक ग्रन्थाध्यक्ष नियुक्त हुए। इसके पूर्व मुद्रित ग्रन्थों का प्रबन्ध क्वीन्स कालेज के ग्रन्थाध्यक्ष के ही अधीन था। सरस्वती भवन ग्रन्थालय में पूर्णकालिक ग्रन्थाध्यक्ष की नियुक्ति के पश्चात् मुद्रित ग्रन्थ भी यहाँ स्थानान्तरित हुए और अब इसके मुद्रित एवं हस्तलिखित दोनों अनुभागों का कार्य श्री कविराज जी के निर्देशन में चलने लगा । इनके कार्यभार ग्रहण करने के समय पुस्तकालय में 3,204 मुद्रित तथा 5,852 हस्तलिखित ग्रन्थ संगृहीत हो चुके थे । श्री कविराज ने ग्रन्थालय को अनेक दृष्टियों से सम्पन्न करने की योजना बनायी और यहाँ से अप्रकाशित ग्रन्थों का प्रकाशन तथा अनुसन्धानात्मक प्रकाशन प्रारम्भ हुए । इसके लिए दो ग्रन्थमालाएँ प्रारम्भ हुई-सरस्वती भवन ग्रन्थमाला एवं सरस्वती भवन अध्ययन माला (Saraswati Bhawan Texts Series and Saraswati Bhawani Studies Series) । ग्रन्थालय के इस

कार्य में इस महाविद्यालय के तत्कालीन प्रधानाचार्य डा. गंगानाथ झा का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ तथा इन ग्रन्थमालाओं में अनेक ग्रन्थ प्रकाशित हुए ।

1914 ई. से 1948 ई. तक के अवधि में श्री कविराज जी के अनन्तर डा. मंगलदेव शास्त्री, पं. श्री विश्वनाथ झारखण्डी आदि ने ग्रन्थाध्यक्ष पद पर कार्य किया । श्री झारखण्डी के कार्यकाल तक हस्तलिखित ग्रन्थों का प्रबन्ध अलग से एक विद्वान के अधीन रहा । इसके अन्तर्गत हस्तलिखित अनुभाग में महामहोपाध्याय पं. विन्ध्येश्वरी प्रसाद द्विवेदी के अनन्तर महामहोपाध्यय पं. नारायण शास्त्री खिस्ते ने यह कार्य सम्हाला । उक्त विद्वानों के अध्यावसाय से 1948 ई. तक सरस्वती भवन ग्रन्थालय में लगभग 30 हजार मुद्रित ग्रन्थ तथा पचास हजार हस्तलिखित ग्रन्थ संगृहीत हो चुके थे । 1948 में इस ग्रन्थालय के महत्व को देखते हुए शासन ने यहाँ के पदों में परिवर्तन तथा परिवर्धन किया । तदनुसार एक मुख्य ग्रन्थाध्यक्ष तथा मुद्रित एवं हस्तलिखित इन दोनों अनुभागों के लिए अलग-अलग एक-एक सहायक ग्रन्थाध्यक्ष के पद शासन द्वारा स्वीकृत किये गये और इसी क्रम में प्रसिद्ध विद्वान डा. सुभद्र झा की नियुक्ति ग्रन्थाध्यक्ष पद पर हुई ।

22 मार्च 1958 ई. को संस्कृत महाविद्यालय ने वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में परणित हुआ तथा डा. आदित्यनाथ झा इसके प्रथम कुलपति नियुक्त हुए । विश्वविद्यालय का ग्रन्थालय होने पर सरस्वती भवन के विकास में अत्यधिक अभिवृद्धि हुई और विभिन्न कार्यों हेतु इसमें अनेक पदों का सृजन हुआ । संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ ही जिज्ञासुओं के लिए वाचन कक्ष आदि की भी व्यवस्था हुई । ग्रन्थ संग्रह हेतु पुष्कल धनराशि के साथ ही साथ अनेक अमूल्य ग्रन्थ संग्रह दान के रूप में प्राप्त हुए और अल्प समय में ही हस्तलिखित एवं मुद्रित ग्रन्थों की संग्रह संख्या में अभूत पूर्व वृद्धि हुई ।

ग्रन्थों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि के कारण सरस्वती भवन ग्रन्थालय में स्थान की कमी का अनुभव होने लगा तथा इस समस्या के समाधान के लिए एक नवीन भवन की आवश्यकता महशूस की जाने लगी । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अपना योगदान देते हुए नवीन भवन के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की और मुद्रितानुभाग के विशाल नवीन भवन का शिलान्यास 1963 में तत्कालीन कुलपति श्री सुरतिनरायण मणि त्रिपाठी द्वारा सम्पन्न हुआ तथा यह भवन तीन वर्षों की अवधि में बनकर तैयार हो गया तथा इसका विधिवत उद्घाटन 1966 में सम्पन्न हुआ । इस भवन में मुद्रित ग्रन्थों के संग्रह (स्टैक), वाचनालय कक्ष, पत्र-पत्रिका विभाग, माइक्रोफिल्लिंग तथा बाइण्डिग आदि अनुभगों का स्थानान्तरण कर दिया गया ।

डा. सुभद्र झा के अवकाश ग्रहण के पश्चात् भी विभूति भूषण भट्टाचार्य ग्रन्थाध्यक्ष पद पर 1967 में आसीन हुए और 1970 में इनकी नियुक्ति कुलसचिव पद पर हो जाने पर श्री लक्ष्मी नरायण तिवारी ग्रन्थाध्यक्ष नियुक्त हुए तथा उनके सतत प्रयास से ग्रन्थालय

में संचालित होने वाले विभिन्न गतिविधियों में बहुत अधिक वृद्धि हुई । उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के प्रवृत्त होने के पश्चात् ग्रन्थाध्यक्ष पद का नामकरण पुस्तकाध्यक्ष हुआ । पहले सरस्वती भवन ग्रन्थालय में उप-पुस्तकाध्यक्ष के दो ही पद स्वीकृत थे परन्तु पंचम पंचवर्षीय योजना में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एक और उप पुस्तकाध्यक्ष का पद स्वीकृत हुआ । पुस्तकाध्यक्ष और उपपुस्तकाध्यक्ष के इन चार पदों के अतिरिक्त ग्रन्थालय में कर्मचारी वर्ग के 63 अन्य पद स्वीकृत पदों की संख्या के साथ ही कुल 67 पद थे । वर्तमान में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 84 है ।

श्री लक्ष्मी नरायण तिवारी के अवकाश ग्रहण के पश्चात् डा. विजय नरायण मिश्रा को सरस्वती भवन ग्रन्थालय के पुस्तकाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया । श्री मिश्रा के सेवानिवृत्त होने से लेकर ई. 2000 तक सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुछ आचार्यों को ग्रन्थालय प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया इसमें साहित्य विभाग के प्रो. कैलाशपति त्रिपाठी, भाषा विज्ञान के डा. सत्यव्रत शर्मा तथा वेदान्त के विद्वान प्रो. पारशनाथ द्विवेदी प्रमुख थे । फरवरी 2000 ई. में झाँसी विश्वविद्यालय झाँसी के उपपुस्तकाध्यक्ष डा. सूर्यकान्त को पुस्तकाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

इस प्रकार वर्तमान में सरस्वती भवन ग्रन्थालय एक सुसंगठित विश्वविद्यालय ग्रन्थालय है और विश्व प्रसिद्ध हस्तलिखित ग्रन्थों के संग्रह के अतिरिक्त भारतीय विद्याओं से सम्बन्धित मुद्रित एवं अनेक दुर्लभ ग्रन्थ भी यहाँ संगृहीत हैं। प्रो. राममूर्ति शर्मा के कुलपतित्व काल में www.Sanskrit university varanasi. com के माध्यम से भारतीय विद्या के विश्व प्रसिद्ध दो सौ हस्तलिखित ग्रन्थों के सारांश को अनुवाद एवं लिप्यन्तरण की सहायता से अंग्रेजी में उपलब्ध कराया गया । सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत हस्तलिखित ग्रन्थों के संग्रहों का इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली के सौजन्य से माईक्रोकिल्लिंग का कार्य सम्पन्न कर लिया गया है । इसी प्रकार सरस्वती भवन ग्रन्थालय की आधुनिकीकरण प्रक्रिया के अन्तर्गत इसके मुद्रितानुभाग में संगृहीत मुद्रित ग्रन्थों के दस हजार ग्रन्थों के ग्रन्थपरक सूचनाओं को सोल साफ्टवेयर में निवेशित करके यू.जी.सी. के इनप्लिबनेट केन्द्र द्वारा संचालित यूनियन डेटाबेस के माध्यम ग्रन्थों की ग्रन्थपरक सूचनाओं को संस्कृत के जिज्ञासुओं के लिए उपलब्ध कराया गया है ।

अभी हाल ही में यूनेस्को के वर्ल्ड मिमोरी रजिस्टर में अभिनवगुप्त द्वारा विरचित कुछ हस्तलिखित ग्रन्थों को सूचीकृत किया गया है । इनमें से कुछ सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत हैं। इस प्रकार वर्तमान में सरस्वती भवन ग्रन्थालय में अध्ययन सामग्री के रूप में हस्तलिखित संग्रह, मुद्रित संग्रह तथा हस्तलिखित संग्रहों के माईक्रोफिल्मस के साथ-ही साथ कुछ "ई" एवं जिडिटल स्रोतों को भी सम्मिलित किया जा सकता है तथा भारतीय विद्याओं

में अध्ययन एवं अनुसन्धान कार्य को पूर्ण करने में यह ग्रन्थालय एक अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र है जहाँ अध्ययन सामग्री प्राप्त करने हेतु अखिल विश्व के जिज्ञासु आते हैं ।

5. गोयनका संस्कृत महाविद्यालय विश्वनाथ पुस्तकालय, वाराणसी –

खुरजा के एक उद्योगपति शेठ गौरीशंकर गोयंका बड़े ही विद्याप्रेमी तथा संस्कृत भाषा का प्रचार एवं प्रसार कर कीर्ति अर्जित करने वाले व्यक्ति थे । वे संस्कृत का विधिवत अध्ययन संस्कृत के मान्य पण्डितों से किया करते थे । पण्डित चण्डी प्रसाद शुक्लजी उनके स्थानीय गुरू थे जिनसे वे उपनिषद् तथा वेदान्त का अध्ययन किया करते थे। इन्हीं के उपदेश तथा आग्रह से सेठ जी ने अपने पितामह तथा पिता के नाम संवलित विद्यालय की स्थापना 1926 के जून मास में की । इस विद्यालय का पूरा नाम जोखी राम मटरूमल गोयन- का संस्कृत महाविद्यालय है जिसका अपना एक स्वतन्त्र भवन तथा विशाल पुस्तकालय है।

इस महाविद्यालय का ग्रन्थालय विश्वनाथ पुस्तकालय के नाम से प्रसिद्ध है। इस ग्रन्थालय में संस्कृत के हस्तलिखित एवं मुद्रित ग्रन्थों के साथ ही साथ उपनिषद् एवं वेदान्त से सम्बन्धित दुर्लभ ग्रन्थों को भी संगृहीत किया गया है । गोयनका संस्कृत विद्यालय के संस्थापक शेठ गौरी शंकर गोयनका ने अच्युत ग्रन्थमाला नामक एक नवीन ग्रन्थमाला का प्रकाशन अपने विद्यालय के द्वारा ही किये । इस ग्रन्थमाला में वेदान्त के प्रसिद्ध तथा दुरूह ग्रन्थों का सरल सुबोध हिन्दी में अनुवाद प्रस्तुत किया गया है ।

इस प्रकार इस पुस्तकालय में उपलब्ध संस्कृत तथा प्राच्य विद्या से सम्बन्धित हस्तलिखित एवं मुद्रित ग्रन्थों को संस्कृत के जिज्ञासुओं द्वारा अध्ययन, अध्यापन एवं शोध कार्य के सम्पादन में उपयोग में लाया जाता है ।

6. प्राच्य विद्या धर्म विज्ञान संकाय ग्रन्थालय, का. हि. वि.वि., वाराणसी–

यह ग्रन्थालय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्राच्य विद्या एवं धर्मविज्ञान संकाय ग्रन्थालय के रूप में का.हि.वि.वि. वाराणसी द्वारा संचालित एवं नियंत्रित है। संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के मुद्रित एवं हस्तलिखित संग्रहों के लिए यह बहुत प्रसिद्ध है। इस ग्रन्थालय में संगृहीत संकलनों को का. हि. वि.वि. के इस वेबसाइट WWW.bhu.ac.in के माध्यम से संस्कृत के जिज्ञासु जन उपयोग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं ।

7. रणवीर संस्कृत विद्यालय ग्रन्थालय, का.हि. विश्वविद्यालय, वाराणसी–

यह ग्रन्थालय का0हि0वि0वि0 वाराणसी के नियंत्रण में संचालित श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय कामाच्छा के प्रांगण में स्थित है । सन् 1883 में श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय की स्थापना सदर- ए - रियासत महाराणा प्रताप सिंह के द्वारा की गयी थी । जिसे 24 मई सन् 1914 ई. को महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी के मार्गदर्शन में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय सोसाइटी को हस्तांतरित कर दिया गया । इस विद्यालय के ग्रन्थालय में भारतीय संस्कृति एवं वाङ्मय से सम्बन्धित सरल मुद्रित ग्रन्थों का सुन्दर संकलन है

जिससे पहली कक्षा से लेकर उतरमध्यमा तक के छात्रों को संस्कृत साहित्य के समृद्ध भण्डार से परिचित कराने में बहुत सहायता मिलती है ।

8. कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, ग्रन्थालय, दरभंगा, विहार–

बिहार के दरभंगा में 26 जनवरी 1961 संस्कृत की उपयोग, प्रचार-प्रसार तथा शिक्षा को बहुआयामी स्वरूप देने के लिए कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही इसके केन्द्रीय ग्रन्थालय को भी स्थापित किया गया । यह ग्रन्थालय भी संस्कृत शास्त्र के दुर्लभ पाण्डुलिपि ग्रन्थों, मुद्रित ग्रन्थ एवं पत्र-पत्रिकाओं के विशाल संकलन के लिए पूरे भारत में प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त बिहार में 120 संस्कृत महाविद्यालय ग्रन्थालयों के संरक्षक के रूप में भी यह वि.वि. कार्य करता है ।

9. डा. मण्डनमिश्र केन्द्रीय ग्रन्थालय, श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली ।

10. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान केन्द्रीय ग्रन्थालय, मानित संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ।

11. श्रीशंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, श्रीशंकरापुरम्, एरना कुलम् ।

12. कवि कुल गुरू कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, रामटेक, महाराष्ट्र–

13. श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, श्री विहार, पुरी, उड़िसा–

14. जगत गुरू रामानन्द चार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, जयपुर, राजस्थान ।

15. राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ग्रन्थालय, तिरूपति, आन्ध्रा प्रदेश–

16. सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, सोमनाथ, गुजरात–

17. महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश–

18. महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्व विद्यालय ग्रन्थालय, उज्जैन, मध्य प्रदेश ।

19. उतरांचल संस्कृत विश्वविद्यालय ग्रन्थालय, हरिद्वार, उतरांचल ।

20. पतंजली योगपीठ-दिव्ययोग मन्दिर न्यास ग्रन्थालय, हरिद्वार, उत्तराखण्ड-

21. देवा संस्कृति विश्व विद्यालय ग्रन्थालय, हरिद्वार, उत्तराखण्ड ।

उपर्युक्त वर्णित क्रम संख्या 9 से 21 तक के शिक्षण संस्थाओं एवं इनके ग्रन्थालयों की विस्तृत सूचना को गूगल डाट काम या सम्बन्धित संस्था के वेब साईट के माध्यम से उपयोग में लाया जा सकता है ।

4. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रमुख विशिष्ट ग्रन्थालयों का विवरण –

1. ऐशियाटिक सोसाइटी ग्रन्थालय, कोलकता ।

2. भण्डारकर ओरियन्टल शोध संस्थान ग्रन्थालय पूना, महाराष्ट्र ।

3. गायकवाड़ ओरियन्टल शोध संस्थान, बड़ौदा, गुजरात ।
4. अडयारशोध संस्थान एवं ग्रन्थालय, मद्रास ।
5. विश्वेश्वरा वैदिक शोध संस्थान ग्रन्थालय, होशियारपुर, पंजाब।
6. पौराणिक तथा वैदिक अध्ययन संस्थान ग्रन्थालाय, सीतापुर, लखनऊ।
7. पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थालय, करौंदी, वाराणसी ।
8. उच्च तिब्बतन शिक्षा संस्थान शांतिरक्षित ग्रन्थालय, सारनाथ, वाराणसी ।
9. साहित्य अकादमी ग्रन्थालय, नई दिल्ली ।
10. भारतीय दर्शनपरिषद् ग्रन्थालय, नई दिल्ली ।
11. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ग्रन्थालय, नई दिल्ली ।
12. इण्डिया आफिस ग्रन्थालय, लन्दन, यू.के. ।
13. अखिल भारतीय संस्कृत परिषद् ग्रन्थालय, लखनऊ ।
14. बिहार संस्कृत अकादमी ग्रन्थालय, पटना ।
15. मिथिला शोध संस्थान ग्रन्थालय, कबराघाट, दरभंगा ।
16. वैशाली प्राकृत जैन एवं अहिंसा संस्थान ग्रन्थालय, वैशाली ।
17. नागरी प्रचारिणी सभा ग्रन्थालय, वाराणसी ।
18. मध्य प्रदेश संस्कृत अकादमी ग्रन्थालय, मध्य प्रदेश ।
19. श्री वेंकटेश्वर शोध संस्थान ग्रन्थालय, तमिल नाडू ।
20. तंजावर सरस्वती महल ग्रन्थालय, तंजावर ।
21. भारतीय दर्शन एवं संस्कृति वैरोवा शोध संस्थान ग्रन्थालय, मथुरा, उ.प्र. ।
22. अरविन्द आश्रम ग्रन्थालय, दिल्ली ।
23. श्री रामकृष्ण परमहंस मिशन संस्थान ग्रन्थालय, कोलकता ।
24. वेद संस्थान ग्रन्थालय, अजमेर, राजस्थान ।

5. सार्वजनिक संस्कृत ग्रन्थालय के रूप में योगदान करने वाले ग्रन्थालयों के प्रमुख उदाहरण –

1. पालि, प्राकृत एवं संस्कृत प्रभाग, राष्ट्रीय पुस्तकालय कोलकता-700027 ।
2. संस्कृत भाषा विभाग, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली ।
3. संस्कृत भाषा विभाग, राजकीय केन्द्रीय ग्रन्थालय, मुम्बई ।
4. संस्कृत भाषा विभाग, कन्नेमारा सार्वजनिक ग्रन्थालय, चेन्नई ।
5. उ. प्र. राजकीय सार्वजनिक ग्रन्थालय, इलाहाबाद ।

6. पं. बंगाल राजकीय सार्वजनिक ग्रन्थालय, कोलकता, तथा

7. अन्य भारतीय राज्यों के अधीन संचालित राजकीय सार्वजनिक ग्रन्थालयों के संस्कृत विभाग/प्रभाग।

6. निजी संस्कृत ग्रन्थालय के रूप में योगदान करने वाले ग्रन्थालयों के प्रमुख उदाहरण -

1. नेपाल नरेश राजकीय ग्रन्थालय, नेपाल ।
2. काशी नरेश फोर्ट ग्रन्थालय, रामनगर, वाराणसी।
3. ग्वालियर नरेश ग्रन्थालय, ग्वालियर, म. प. ।
4. श्री शंकराचार्य द्वारा स्थापित चारों पीठों के अधीन संचालित ग्रन्थालय ।
5. श्री काशी विश्वनाथ ग्रन्थालय, वाराणसी ।
6. थियोसाफिकल ग्रन्थालय, गुरुबाग, वाराणसी ।
7. श्री हरसूब्रह्मधाम न्यास ग्रन्थालय, चैनपुर, भभुआ, बिहार ।
8. श्री गोरखनाथ पीठ ग्रन्थालय, गोरखपुर, उ.प्र. ।
9. बाबा श्री किनाराम आश्रम ग्रन्थालय, वाराणसी ।
10. श्री अवधूत आश्रम ग्रन्थालय, राजघाट, वाराणसी ।
11. श्री रामजन्म भूमि न्यास ग्रन्थालय, अयोध्या, उ. प्र. ।
12. अक्षर धाम मन्दिर न्यास ग्रन्थालय, गुजरात ।
13. माता वैष्णवदेवी मन्दिर न्यास ग्रन्थालय, कटरा जम्मू एवं काश्मीर ।
14. विश्व हिन्दू परिषद् न्यास ग्रन्थालय, नई दिल्ली ।

7. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ग्रन्थों के प्रकाशन में प्रमुख भारतीय प्रकाशन प्रतिष्ठानों की योगादन -

उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में एक पुनर्जागरण का सूत्रपात हुआ था । उसी के अन्तर्गत मुद्रणालयों के प्रचार के फलस्वरूप संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के ग्रन्थों का विराट पैमाने पर प्रकाशन होना प्रारम्भ हुआ । प्रेस एवं पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1867 के लागू होने से पुस्तक प्रकाशन की गतिविधियों को एक नयी दिशा मिल चुकी थी । एक से अधिक पृष्ठों में मुद्रित, साइक्लो स्टाइल अथवा लिथो में छपी ग्रन्थों को इस अधिनियम के अन्तर्गत पुस्तक के रूप में स्वीकृति मिल चुकी थी तथा प्रत्येक मुद्रित ग्रन्थ के प्रथम पृष्ठ पर ग्रन्थ का शीर्षक, लेखक के नाम के साथ ही साथ प्रकाशक का नाम, प्रकाशन का स्थान तथा प्रकाशन के वर्ष को मुद्रित करना अनिवार्य कर दिया गया था।

इसी दौरान दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों की प्रकाशन की योजनाएँ वाराणसी, कलकत्ता तथा मुम्बई में प्रारम्भ की गयी। वाराणसी में स्थित राजकीय संस्कृत-पाठशाला के तत्कालीन प्रधानाचार्य डा. आर्थर वेनिस के शासनकाल में बनारस संस्कृत सीरीज तथा चौखम्बा संस्कृत सीरीज का सार्वजनिक अभ्युदय सम्पन्न हुआ । उन्होंने सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत उपयोगी हस्तलेखों को मुद्रित करने तथा शोध पत्रिका निकालने की योजना बनाई थी। डा. वेनिस ने संस्कृत विद्या के सर्वांगीण उन्नति के लिए चार महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारम्भ किया, जिसमें प्रथम कार्य साधो लाल रिसर्च स्कालरशिप की स्थापना को छोड़कर शेष अन्य तीन कार्य सरस्वती भवन टेक्सट्स के प्रकाशन की योजना, सरस्वती भवन स्टडीज के प्रकाशन की योजना, एवं बनारस संस्कृत सीरीज तथा विजयानगरम् संस्कृत सीरीज सीधे तौर पर संस्कृत शास्त्र के ग्रन्थों के प्रकाशन से सम्बन्धित थे।

इसके अतिरिक्त डा. वेनिस काशी के महाराजा विजयानगरम से प्रार्थना कर उनको विजयानगरम संस्कृत सीरीज नामक ग्रन्थमाला प्रकाशित करने की प्रेरणा प्रदान की । महाराजा ने सन् 1890 में अपने विपुल धन से इस सीरीज में संस्कृत के अनेक दुर्लभ ग्रन्थों का प्रकाशन कराया । इन्हीं की प्रेरणा से काशी संस्कृत सीरीज ग्रन्थमाला का शुभारम्भ हुआ। सन् 1893 ई. में चौखम्बा संस्कृत सीरीज नामक नवीन ग्रन्थमाला के प्रादुर्भाव में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

इसी प्रकार सन् 1886 से 1907 तक निर्णय सागर प्रेस मुम्बई ने काव्यमाला शीर्षक के अन्तर्गत लगभग 95 से अधिक संस्कृत ग्रन्थों को प्रकाशित किया । इसके साथ ही साथ छोटे-छोटे काव्य सुमनों के संकलनों को भी गुच्छक नाम से प्रकाशित किये गये जिसके चौदह गुच्छकों में कुल लगभग 128 से अधिक काव्य प्रकाशित किये गये थे। इसी क्रम में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विश्व स्तरीय निजी प्रकाशक के रूप में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थित गीता प्रेस हिन्दू धर्म के दुर्लभ पुस्तकों के प्रकाशन तथा "कल्याण" पत्रिका के प्रकाशन के लिए विश्व प्रसिद्ध मुद्रणालय के रूप में कई दशकों से कार्यरत हैं। ब्रिटिश कालीन भारत में संस्कृतशास्त्र के ग्रन्थों को संस्कृत एवं अन्य भारतीय भाषाओं के साथ ही साथ अन्य यूरोपीय भाषाओं जैसे–फ्रेंच एवं जर्मन, आदि में भी प्रकाशन होना प्रारम्भ हुआ। संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के दुर्लभ, शोध एवं सन्दर्भ ग्रन्थों के अंग्रेजी संस्करणों को भारत के प्रान्तिय सरकारों के अधीन स्थापित प्रकाशन विभाग (Government Publications divisions) द्वारा प्रकाशन किया जाता तथा अन्य यूरोपिय भाषाओं के संस्करणों को जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों में भी प्रकाशित किया जाना प्रारम्भ हुआ ।

परन्तु संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ग्रन्थ प्रकाशन के क्षेत्र में अखण्ड भारत के स्वतन्त्र होते ही सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रकाशन प्रतिष्ठानों एवं मुद्रणालयों की संख्या में अपार वृद्धि दर्ज की गयी । जिसके परिणाम स्वरूप सरकारी शिक्षण संस्थाओं, शोध संस्थानों,

विश्वविद्यालयों के साथ ही साथ निजी प्रकाशन प्रतिष्ठानों ने भी संस्कृत शास्त्र के ग्रन्थ प्रकाशन को आगे बढ़ाने में सहयोग करना प्रारम्भ कर दिये ।

8. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ग्रन्थों को प्रकाशित करने वाले प्रारम्भिक भारतीय प्रकाशन प्रतिष्ठानों के कुछ प्रमुख उदाहरण -

1. भारत जीवन यान्त्रालय, काशी, वाराणसी, 1818 ।
2. आनन्द वन यन्त्रालय, शिवाला घाट, वाराणसी, 1852 ।
3. बनारस लाइट छापाखाना, बनारस, 1866 ।
4. वाराणसी संस्कृत प्रेस, वाराणसी, 1867 ।
5. अमर यन्त्रालय, वाराणसी, 1884 ।
6. हित चिन्तक प्रेस, काशी, 1900 ।
7. सिद्ध विनायक यन्त्रालय, काशी, 1914।
8. विद्या विलास प्रेस, बनारस, 1921 ।
9. विख्यात मेडिकल हाल मुद्राणालय, वाराणसी, 1949 ।
10. चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी, 1893 ।
11. मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी ।
12. गीता प्रेस, गोरखपुर, गोरखपुर, उ.प्र. ।
13. इण्डियन प्रेस लिमिटेड, प्रयाग, इलाहाबाद, 1929 ।
14. संस्कृत विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय, मद्रास,
15. जी.एस. प्रेस, मद्रास, 1956 ।
16. वापटिस्ट मिशन प्रेस, कलकत्ता, 1836 ।
17. निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई, 1887 ।
18. गुजराती प्रिन्टिगप्रेस, मुम्बई, 1916 ।

9. विश्व संस्कृत पुस्तक मेला -

भारत में विश्व पुस्तक मेले की आयोजन की परम्परा बहुत प्राचीन न होकर 1980 के दसक के लगभग प्रारम्भ हुआ है । तब से प्रत्येक वर्ष भारत के प्रमुख महानगरों में भारत सरकार एवं नेशनल बुक ट्रस्ट के सौजन्य से इस तरह के पुस्तक मेला का आयोजन किया जाता रहा है । इस तरह के पुस्तक मेला के ओजन के पीछे सरकार तथा आयोजकों का सबसे बड़ा उद्देश्य यह होता है कि देश एवं विदेशों के विद्वान, पुस्तक अनुरागी, छात्र समुदाय, शोधार्थियों, ग्रन्थालयीयों तथा अध्यापक वर्ग अद्यतन विभिन्न विषयों में प्रकाशित ग्रन्थों को देखने, जानने अथवा समझने एवं उन्हें क्रय करने की एक उचित अवसर उपलब्ध होता है।

इस प्रकार के राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले के आयोजन से आधुनिक विषयों के प्रकाशित ग्रन्थों के साथ ही साथ संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के प्रकाशित ग्रन्थों को भी उसके अन्तिम उपयोक्ता तथा पहुँचने का एक शसक्त माध्यम प्राप्त होता है ।

सन् 2011 संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रकाशित ग्रन्थों के विश्व व्यापी प्रचार प्रसार एवं उन्नति के लिए एक उपलब्धि पूर्ण वर्ष बन चुका है । क्योंकि 2011 से पूर्व विश्व संस्कृत पुस्तक मेला आयोजित नहीं किये गये । भारत के बेंगलोर महानगर में पहली बार संस्कृत भारती तथा राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के सौजन्य से 7 जनवरी 2011 से लेकर 10 जनवरी 2011 तक प्रथम विश्व संस्कृत पुस्तक मेला का आयोजन हुआ जिसमें संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के कुल 154 निजी एवं सरकारी प्रकाशन प्रतिष्ठानों ने संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के विभिन्न विषयों जैसे वेद, पुराण, धर्मशास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, व्याकरणशास्त्र, तन्त्र शास्त्र, साहित्यशास्त्र, आयुर्वेदशास्त्र, वेदान्त दर्शन, मीमांसा दर्शन, न्याय दर्शन, वैशेषिक दर्शन, योग दर्शन, पालि एवं बौद्ध साहित्य, उपनिषद् तथा जैनागम तथा प्राकृत साहित्य के मुद्रित एवं 'इ' रूपों में प्रकाशित पाठ्य ग्रन्थ, शोध ग्रन्थ तथा सन्दर्भ ग्रन्थों को उनके जिज्ञासुओं के सूचनार्थ प्रस्तुत किया गया ।

संस्कृत शास्त्र तथा भारतीय संस्कृति की सम्बाहिका संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ग्रन्थों के अधिकाधिक उपयोग, प्रचार-प्रसार तथा इससे सम्बन्धित अन्य शैक्षिक गतिविधियों के क्रमिक विकास में इस प्रकार से एक नयी परम्परा स्थापित हुई है । विश्व संस्कृत पुस्तक मेले के आयोजन की इस नयी परम्परा को भारत के साथ ही साथ विश्व के अन्य विकसित एवं विकासशील देशों में भी आयोजित किया जाना समीचीन प्रतीत होता है ।

सन्दर्भ-ग्रन्थ

1. **उपाध्याय, आचार्य बलदेव, काशी की पाण्डित्य परम्परा, वाराणसी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, 1983, pp 353 ।**
2. **हिन्दी विश्वकोश, खण्ड-6, वाराणसी, नागरी प्रचारिणी सभा, 1967, pp.331-333 ।**
3. **उपाध्याय, रामजी, प्राचीन भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक भूमिका वाराणसी, चौखम्ब्ा विद्या भवन, 1991, pp.164-165 ।**
4. **चतुर्वेदी, द्वारका प्रसाद शर्मा, चरित्रकोश : नई दिल्ली, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 1983, pp188।**
5. **हिन्दी विश्वकोश-खण्ड-11. वाराणसी, नागरी प्रचारिणी सभा, 1966, pp 492।**
6. **सिंह, परमानन्द, बौद्ध साहित्य में भारतीय समाज, वाराणसी, हलधर प्रकाशन, 1996, pp24।**
7. **Bhardwaj, Baliram Shastriy. Saraswati Bhawan Purtakalaya, Lucknow. Govt. of U.P., 1960.**

8. Nichollas, George. History of Sanskrit College, Benares, Govt. Press, 1907.
9. रजत जयंती स्मारिका वाराणसी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, 1984, pp. 91-98
10. Sketch of the rise and progress of the Benares Pathshalla (University Be-centenary Series-9) Varanasi, SS.VV.,
11. शास्त्री, देवर्षि कलानाथ. जयपुर की संस्कृत परम्परा, जयपुर, हंसा प्रकाशन, 2000 pp. 7-8.
12. त्रिखा, नन्दकिशोर, प्रेस विधि, वाराणसी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, 1986. pp.17-20
13. शुक्ल, हीरालाल संस्कृत का समाजशास्त्र - स्वतन्त्रता संग्राम और संस्कृत साहित्य, दिल्ली : भारतीय विद्या प्रकाशन, 1989, 127-149 पृ0.
14. दैनिक जागरण, वाराणसी, 2011।
15. राष्ट्रीय सहरा (प्रथम संस्करण), वाराणसी, 2011।

❑❑

एकादश अध्याय

ऑनलाइन संस्कृत शब्दकोश एवं विश्वकोश तथा संस्कृत एवं प्राच्य विद्या साहित्य में इनफ्लिबनेट का योगदान

(Online Sanskrit Dictionaries and Encyclopaedias and the Contributions of Inflibnet in Sanskrit and Oriental Learnings)

1. ऑनलाइन संस्कृत शब्दकोश :

पारम्परिक संस्कृत शब्दकोश या पारिभाषिक संस्कृत शब्दकोश के क्षेत्र में कम्प्यूटर तथा संचार प्रद्यौगिकी की उपस्थिति से एक नये युग का सूत्रपात हुआ है । इसके फलस्वरूप आधुनिक विषयों की भाँति संस्कृत एवं प्राच्य विषयों के उपयोग में सूचना प्रद्यौगिकी का उपयोग दिनोदिन बढ़ता ही जा रहा है । संस्कृत शब्दकोशों के ऑन लाइन संस्करणों की सहायता संस्कृत के जिज्ञासु पाठकों को उनकी वांछित सूचना बहुत कम समय में ही इन्टरनेट के माध्यम से प्राप्त हो जाता है । इसके लिए संस्कृत के कुछ आधुनिक विद्वानों ने ऑन लाइन संस्कृत शब्दकोशों के उपयोग हेतु कुछ महत्वपूर्ण बेबसाइटों को विकसित किये हैं। इनमें से यह http : // www. Sanskrit documents. org/dict/ एक महत्वपूर्ण वेबसाइट है जिसे विश्व के किसी भी भाग में बैठे संस्कृत के जिज्ञासु पाठकगण संस्कृत के शब्दकोशीय सूचना आवश्यकता को आसानी से पूरी कर सकते हैं।

ऑन लाइन शब्दकोश का अभिप्राय यह है कि इसमें संस्कृत के अधिकांश मुद्रित शब्दकोशों को मूलरूप में उपलब्ध न कराकर उनमें निहित पाठ्य सामग्री को डिजिटल अथवा स्कैन्ड रूप में परिवर्तित करके उसे इन्टरनेट, ईमेल अथवा ऑन लाइन सेवा के माध्यम से उपयोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाता है । ऑन लाइन संस्कृत शब्दकोशों के उपयोग में कम्प्यूटर पठनीय उपकरणों की सहायता लेनी पड़ती है तथा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इन शब्दकोशों को उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं से सदस्यता लेनी पड़ती है

तथा उनके द्वारा आवंटित पासवर्ड के माध्यम से सदस्य व्यक्ति अथवा संस्था संस्कृत शब्दकोशों के ऑन लाइन संस्करणों का उपयोग करने के लिए अधिकृत हो जाता है ।

1.2 संस्कृत शब्दकोशों के ऑन लाइन संस्करण - इन शब्दकोशों को दो रूपों में उपलब्ध कराया जाता है । पहले के अन्तर्गत संस्कृत के पूर्वप्रकाशित अथवा मुद्रित शब्दकोशों का नवीन डिजिटल प्रति तैयार किया जाता है, जबकि दूसरे श्रेणी के अन्तर्गत पूर्व प्रकाशित अथवा मुद्रित संस्कृत शब्दकोशों को डिजिटल कैमरा अथवा स्कैनर के माध्यम से कम्प्यूटर पठनीय संग्रह माध्यमों में रूपान्तरित कर दिया जाता है । इन दोनों रूपों में उपलब्ध ऑनलाइन संस्कृत शब्दकोशों को बिना इन्टरनेट अथवा ई-मेल की सहायता लिये उपयोग नहीं किया जा सकता है । भाषा की वैज्ञानिकता, भाषा की शुद्धता तथा भाषा की प्रामाणिकता के कारण ही संस्कृत के ऑन लाइन शब्दकोशों का उपयोग भारत के साथ ही साथ विश्व के अन्य देशों में भी तेजी से उपयोग में लाया जा रहा है ।

यही कारण है कि सूचना प्रद्यौगिकी की विभिन्न तकनीकों को विकसित करने में भारत की अन्य भाषाओं की तुलना में संस्कृत भाषा एवं व्याकरण को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक महत्व दिया गया है । ऑन लाइन संस्कृत शब्दकोश परियोजना का प्रथम शुभारम्भ कोलोन विश्वविद्यालय में स्थित तमिल अध्ययन एवं भारतीय विद्या संस्थान सबसे पहले शुरू किया है ।

संस्कृत डोक्यूमेन्टस डॉट ओ आर जी/डिक्ट साइट पर अनेक फाईल्स को विभिन्न प्रारूपों में उपलब्ध कराया गया है जिनकी सहायता से संस्कृत के इन ऑन लाइन संस्करणों को उपयोग में लाया जा सकता है । इन प्रारूपों के अन्तर्गत पोस्ट स्क्रीप्ट (Postscript) पीडीएफ (PDF) एक्स डीवीएनजी (XDVNG), आई टी एक्स (ITX), टेक्स्ट (TEXT) एवं यूनिकोड फॉरमेट (UNICODE FORMAT) को सम्मिलित किया गया है । साथ ही साथ संस्कृत में प्रयोग किये जाने वाले अंकों के लिए अलग से फाईलों की एक पूरी समूह निर्मित करके उसे इस साइट पर प्रस्तुत किया गया है । इस साइट में जाकर Please see Learning tools Section की सहायता इसको उपयोग में लाया जा सकता है ।

जब से संस्कृत ऑन लाइन शब्दकोश परियोजना शुरू हुई है तबसे कम्प्यूटर आधारित संचार के बहुआयामी माध्यमों के फलस्वरूप विश्वके प्राचीनतम भाषा संस्कृत के अध्ययन, अध्यापन तथा शोध की प्रक्रिया में पूरा विश्व समुदाय निरन्तर अग्रसर है। कोलोन डिजिटल लेक्सीकॉन की सहायता से मोनियर विलियम द्वारा प्रणीत संस्कृत अंग्रेजी शब्दकोश के सारे पृष्ठों को ऑन लाइन पद्धति द्वारा उपयोग में लाया जा सकता है । इसके अतिरिक्त कुछ सीमा तक दक्षिण एशिया के कुछ प्रमुख भाषाओं, जैसे तमिल, पहलवी, तथा केपलर प्रणीत संस्कृत शब्दकोश को भी इसके माध्यम उपयोग में लाया जा सकता है । इस सेवा में संस्कृत, तमिल, पहलवी तथा अंग्रेजी शब्दों के दोनों खोजों को समान रूप से

स्वीकृत करने से सम्बन्धित पद्धति को विकसित किया गया है । साथ ही साथ मोनियर विलियम के ऑन लाइन संस्कृत शब्दकोशों में विन्यसित संस्कृत शब्दों के अंग्रेजी में अर्थ प्राप्त करने के लिए खोज की उच्चिकृत विधि को उपलब्ध कराया गया है । इस सेवा के लिए संस्कृत शब्दों को Kyo To, SLP1, या ITRANS में लिप्यन्तर के माध्यम से निवेशित करना पड़ता है, तत्पश्चात् यह देवनागरी यूनिकोड, या हावार्ड की-योटो (Havard Kyeto), या इन्ट्रान्स (Itrans) या रोमन यूनिकोड (Roman Unicode), या रोमन सी एस एक्स (Roman CSX), या रोमन मंजूश्री सी एस एक्स (Roman Manjoo Shree CSX) के प्रारूपों में यह प्रगट होता है । इसी तरह से इसके उच्चखोज विधि में संस्कृत एवं अंग्रेजी शब्दों के अर्थों को यथासम्भव अधिकतम प्रारूपों में प्राप्त करने के उच्चिकृत खोजनीति के प्रयोग का निर्देश उपलब्ध है।

1.3. कोलोन डिजिटल संस्कृत शब्दकोश - इसके द्वारा अन्य ऑन लाइन संस्कृत-अंग्रेजी/जर्मन शब्दकोशों के शब्दों के अर्थ इत्यादि का उपयोग किया जा सकता है । कोलोन विश्वविद्यालय के तमिल भाषा अध्ययन एवं भारतीय विद्या संस्थान द्वारा विकसित ऑन लाइन शब्दकोश के द्वारा संस्कृत शब्दों के अंग्रेजी अथवा जर्मन भाषा में उनके अर्थों को प्रस्तुत किया गया है । रीचार्ड माहोने ने मोनियर विलयम के शब्दकोश का HTML Text Format का प्रारूप तैयार किया है । इसके माध्यम से मोनियर विलियम के अंग्रेजी-संस्कृत शब्दकोश में प्रयुक्त संक्षिप्किरण एवं अन्य चिह्नों आदि की पूरी की पूरी एक ऑन लाइन सूची को भी उपलब्ध कराया गया है ।

अल्प समय में संस्कृत सीखने में मोनियर विलियम तथा शिवराम वामन आप्टे के संस्कृत शब्दकोशों के साथ ही साथ अन्य शब्द कोशों के ऑन लाइन संस्करणों की महत्वपूर्ण भूमिका है । इनमें अजित कृष्णन के मुद्गलकोश आदि का पूरा-पूरा लाभ उठाया जा सकता है । इसी प्रकार लुईस बोन्त ने कोलोन ऑन लाइन शब्दकोश में मोनियर विलियम आंकिक (Digital) शब्दकोश के लिए एक पीसीवेस्ड शब्दकोश तैयार किया है जिसको निम्न बेबसाइट http :// www. members. ams. chello.nl.l. bontes के द्वारा उपयोग में लाया जा सकता हैं । इसके साथ ही साथ इस दूसरे वेबसाइट http : // www. dict.uni-leipzig.de/dictal को कोलोन वर्णन के विकल्प के रूप में उपयोग किया जा सकता है । मोनियर विलियम कृत संस्कृत अंग्रेजी शब्दकोश को श्रीपिडिया एम. डब्लू. के माध्यम से पूरा का पूरा उपलब्ध करा दिया गया है । श्रीपिडिया परियोजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए ई-मेल से भी सहायता ली जा सकती है ।

1.4 शिकागो विश्वविद्यालय, शिकागो द्वारा संचालित दक्षिण ऐशिया डिजिटल संस्कृत शब्दकोश परियोजना - इस परियोजना के अन्तर्गत संस्कृत के चार

प्रमुख शब्दकोशों को शामिल किया गया है । इसके अन्तर्गत एक व्यवहारिक संस्कृत शब्दकोश को लिप्यंतरण एवं व्युत्पत्ति सहित तथा आर्थर एन्थोनी मैक्डोनेल के शब्दकोश को भी लिया गया है । इसी प्रकार शेशु कार्थिक तनवीर ने Sanskrit Voice. com के माध्यम से एक विजेट (widget) एवं एक फेसबुक (a Face Book) की सुविधा को उपलब्ध कराया है । यह अपने मूल साइट के माध्यम से उपयोक्ताओं को अंग्रेजी शब्दों अथवा संस्कृति शब्दों के अर्थों को उच्चिकृत खोज की युक्तियों के माध्यम से उपलब्ध कराता है ।

Java-J2 EE Backend के सहायता से मोनियर विलियम प्रणीत संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश के ऑन लाइन संस्करण को Ajax-based Online Interface के माध्यम से भी उपयोग किया जा सकता है । इस पद्धति को सूचना प्रद्यौगिकी विशेषज्ञ चेतन ने विकसित किया है । इसमें लिप्यन्तरण के मदद से कम्प्यूटर आधारित देवानागरी के विभिन्न प्रारूपों में प्रदर्शित करता है । सन्धी इन्जन की सहायता से दो अलग-अलग शब्दों को एक साथ जोड़कर इनको देवनागरी में भी प्रस्तुत किया जा सकता है । इतना ही नहीं इसके उपयोग में पाणिनि के शिवसूत्र पर आधारित प्रत्यहार डिकोडर की भी सहायता ली जा सकती है। जावा आधारित सन्धी परियोजना सोफ्टवेयर के माध्यम से भी संस्कृत शब्दकोशों के ऑन लाइन संस्करणों का उपयोग किया जा सकता है । "पाणिनि व्याकरण के विधियों की भूमिका" नामक प्रकाशित एक लेख में इस सोफ्टवेयर के उपय्रोग का विस्तार से उल्लेख प्रस्तुत है। इस ऑनलाइन जावा आधारित सन्धी साफ्टवेयर में क्लिपबोर्ड क्रिया के द्वारा देवनागरी अथवा ई-लैटींन प्रारूपों में इन शब्दकोशों की प्रतिलिपि तैयार करने में बहुत अधिक सहायता मिलती है ।

आप्टेकृत संस्कृत से अंग्रेजी ऑन लाइन खोजी शब्दकोश को उनके द्वारा प्रणीत व्यवहारिक संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश पर आधारित है । कोलोन ऑन लाइन संस्कृत शब्दकोश पर इसका उच्चिकृत ऑन लाइन संस्करण उपलब्ध है । मोनियर विलियम प्रणीत संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश के ऑन लाइन संस्करण को सीडी के रूप में भी इस वेबसाइट–

WWW. Sudarshana. org

से अल्प लागत में प्राप्त किया जा सकता है अथवा इस दूसरे वेबसाइट WWW. Krishna. com से निःशुल्क रूप से प्राप्त किया जा सकता है ।

1.5 अन्य शब्दकोश अथवा परिभाषिक शब्दकोशों के डिजिटल अथवा ऑनलाइन संस्करण के प्रमुख उदाहरण–

1. डा. कल्याण रमण द्वारा प्रणीत भारतीय भाषाओं के शब्दकोश के ऑनलाइन संस्करण;

2. आन्द्रे सीग्रोरेट के संस्कृत-फ्रेंच शब्दकोश के ऑन लाइन संस्करण को Frasktoo.exe फाईल की सहायता से उपयोग में लाया जा सकता है ।

3. कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर के शब्दों के अर्थों को अंग्रेजी से संस्कृत में अर्थ, सन्दर्भ एवं वाक्य संरचना को श्रीकान्त जमदग्नी ने अपने सङ्गणक संस्कृत शब्दकोश में प्रस्तुत किया है ।

4. गेरार्ड हुएत के संस्कृत-फ्रेंच शब्दकोश के ऑन लाइन संस्करण तथा ऑन लाइन व्याकरण को ई-मेल के माध्यम से भी उपयोग किया जा सकता है ।

5. http: // WWW. Sanskritritreader.de वेबसाइट के द्वारा इंडिक्ट (Indict) नामक एक संस्कृत-अंग्रेजी शब्दकोश के डिजिटल संस्सकरण को ऑनलाइन उपयोग किया जा सकता है । इसमें संस्कृत शब्दों या उनके अर्थों को लिप्यन्तरण के साथ उपलब्ध कराया जाता है तथा इसमें पूर्व निवेशित शब्दों के प्रविष्टियों को संशोधित करने, नये शब्दों को जोड़ने तथा पुराने शब्दों को सम्पादित करने की सुविधा उपलब्ध है । इस प्रकार संस्कृत शब्दकोश के इस डेटाबेस को अधिक से अधिक उपयोग में लाया जा सकता है । शब्दों के आवंटन के सम्बन्ध में इसमें कुछ सीमा तक सांख्यकि विवरणों को भी उपलब्ध कराया गया है ।

6. http: // WWW. spoken sanskrit.de यह वेबसाईट संस्कृत के ऑनलाइन हाईपर शब्दकोश का एक नवीन रूप है जिसको क्लाउज ग्लाशोफ ने डिजिटली प्रकाशित किया है । यह अपने उपयोक्ताओं को विकिपिडिंया प्रविष्टियों के रूप में उनके प्रश्नों को निवेशित करने तथा उसका विवेकपूर्ण उत्तर प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराता है।

इसी प्रकार ऑन लाइन संस्कृत शब्दकोशों एवं अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दकोशों के ऑनलाइन संस्करणों के उपयोग के लिए डिजिटल शब्दकोश विशेषज्ञ यसवन्त मालविया ने एक सर्च इन्टरफेस विकसित किया है । डेलब्रुक प्रणीत संस्कृत-जर्मन शब्दकोश 1888 को स्कैन्ड रूप में (PDF 30 + Mb) तथा इसके ओ.सी.आर. प्रति (MSWOrd8+M6) को पाठकों के निवेदन पर यह अपने वेबसाइट के माध्यम तत्काल उपलब्ध करवाता है ।

ऑन लाइन संस्कृत शब्दकोशों के ई-संग्रहों तथा जर्मन, रसीयन एवं अंग्रेजी भाषा के व्याकरणों से सम्बन्धित डिजिटल संग्रहों को गुगल द्वारा निर्मित न्यूज ग्रूप के इस वेबसाइट–http : // www. groups. google. com/group/nagari
से Circa 4000 MB की सहायता से इसमें निवेशित शब्दों को देवनागरी फान्ट में पढ़ा एवं उपयोग में लाया जा सकता है । http ://nagari. South india.ru वेबसाइट पर जाकर देवनागरी फान्ट एवं लिप्यन्तरण की सुविधा को निःशुल्क उपयोग किया जा सकता है।

'आक्टोवियन सरवैटोर ने संस्कृत के अध्यात्मिक पदों को लेकर एक ऑन लाइन अध्यात्मिक शब्दकोश के संस्करण को प्रकाशित किया है । पूरे विश्व में फैले संस्कृत के जिज्ञासुओं के लिए इस बेवसाइट से www. multilingualsbooks. com संस्कृत शब्दकोशों के अन्य वेबसाइटों के सम्बन्ध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

1.6 अन्य भारतीय भाषाओं के ऑनलाइन शब्दकोश -

ऑनलाइन संस्कृत शब्दकोश के समान ही हिन्दी, मराठी, गुजराती एवं अन्य भारतीय भाषाओं में भी अनेक ऑन लाइन् शब्दकोशों को निर्मित किया गया है। भारतीय भाषाओं में रूचि लेने वाले जिज्ञासुओं द्वारा शब्दकोशों के इन डिजिटल संस्करणों को इन्टरनेट अथवा ऑनलाइन के माध्यम से उपयोग में लाया जा सकता है ।

1.7 भारत सरकार के राजभाषा शब्दकोश के ऑनलाइन संस्करण -

भारत सरकार एवं राज्य सरकारें विभिन्न प्रकार के सरकारी गतिविधियों एवं क्रियाकलापों के सफल संचालन हेतु ऑनलाइन बहुखण्डीय शब्दकोशों के नवीन संस्करणों को प्रकाशित किये हैं । विकिपिडिया हिन्दी ग्लोशरी इस प्रकार के शब्दकोशों का एक प्रमुख उदाहरण है। इस ऑनलाइन ग्लोशरी के माध्यम से विभिन्न भाषाओं के शब्दों के अर्थों को उपलब्ध कराता है । शब्द कोश डॉटकाम के माध्यम से हिन्दी, मराठी, तथा गुजराती शब्दकोशों को ऑन लाइन सेवा द्वारा उपलब्ध कराया जाता है । इसके अतिरिक्त इन दो वेबसाइट्स–http :// www. iiit. net/ltre/down loads. html तथा http : // www. iiit.net/ madhvi/de.html से भी सहायता ली जा सकती है । इन ऑन लाइन शब्दकोशों को हिन्दी डिक्सनरी रीड मी फाईल तथा आई. एस. सी. आई.आई. इन्टरफेस (ISCII Interface) के माध्यम से भी उपयोग किया जा सकता है । इसी क्रम में एक और उच्चिकृत इन्टरफेस को अक्षर माला साइट पर विकसित किया गया है ।

भारत के चौदह भाषाओं में उपलब्ध लगभग 5000 सामान्य शब्दों को प्रयोग करके एक बहुभाषिक शब्दकोश के डिजिटल संस्करण को तैयार किया गया है। जिसे ऑन लाइन के द्वारा उपलब्ध करवाया गया है । टी डी आई एल. (TDIL) के साथ मिलकर भारत सरकार की ओर से ऑन लाइन हिन्दी विश्वकोश की परियोजना को इस वेबसाइट http: // www. tail.mit. gov. ongoing-pros.html के रूप में विकसित किया जा रहा है ।

Archive.org वेबसाइट के माध्यम से आई.डब्लू.एच.टी. इन्टरफेस (iwht interface) द्वारा ऑनलाइन हिन्दी विश्वकोश के अन्य दूसरे संस्करणों को भी उपयोग में लाया जा सकता है । इस तरह के हिन्दी-मराठी एवं अंग्रेजी शब्दकोशों के एक वृहद डेटा बेस को रीशोर्स सेन्टर फार इण्डियन लैंग्वेजेज, मुम्बई के द्वारा ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया

है। एक अन्य मराठी-अंग्रेजी शब्दकोश जिसे 1911 में श्रीधर गणेश वाजे प्रकाशित कराया था, को शिकागो विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन शब्दकोश परियोजना के अन्तर्गत इस शब्दकोश के डिजिटल संस्करण को ऑन लाइन उपलब्ध कराया गया है। ऑन लाइन शब्दकोश को Molesworth's Digitised Marathi-English Dictionary के वेबसाइट पर उपयोग किया जा सकता है । शब्दकोश डाटकाम के वेबसाइट के माध्यम से सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी शब्दकोशों के ऑनलाइन संस्करणों को उपलब्ध कराया गया है । इसमें हिन्दी शब्दों के पर्यावाची शब्दों तथा उनके अनुवादों को भी शामिल किया गया है । हिन्दी सीखने वाले जिज्ञासुओं के लिए यह वेबसाइट http : // www.en.bab.la. dictionary/english-hindi. बहुत उपयोगी साइट है । इसमें उपयोगी वाक्यों के साथ ही मुहावरों एवं कहावतों को भी प्रस्तुत किया गया है तथा अधिक से अधिक हिन्दी शब्दों का ज्ञान हो सके इसके लिये इस साइट पर प्रश्नावली तथा कम्प्यूटर आधारित खेलों की पहेलियों को प्रस्तुत किया गया है जिसकी सहायता से हिन्दी सीखने के जिज्ञासु पाठक अपनी हिन्दी शब्दकोश ज्ञान की क्षमता में वृद्धि करने में समर्थ हो सकते हैं ।

यह वेब साइट http : // WWW. gujarati-Lexicon.Com गुजराती शब्दकोश के ऑन लाइन संस्करण का एक महत्वपूर्ण साइट है। इस वेवसाइट के उपयोग द्वारा गुजराती से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से गुजराती के शब्दों एवं उनके अर्थों को पढ़ने के लिए एक उपयोगी इन्टरफेस को इसपर उपलब्ध कराया गया है।

1.8 शिकागो विश्वविद्यालय एवं दक्षिण एशिया ऑन लाइन शब्दकोश परियोजना -

इस परियोजना के अन्तर्गत दक्षिण ऐशिया के अनेक भाषाओं की शब्दकोशों के ऑनलाइन संस्करणों को शिकागो विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट के माध्यम इसे उपलब्ध कराता है । इसमें दक्षिण ऐशिया के कुल 16 भाषाओं के शब्दकोशों का डिजिटल संस्करण प्रस्तुत किया है । इस डिजिटल संस्करण में दक्षिण ऐशिया के बलूची, खोवर, परशीयन, तोरवली, बांग्ला, मराठी, उर्दू, राजस्थानी, नेपाली, संस्कृत, हिन्दी, पालि, तमिल, कश्मीरी, पस्थों एवं तुलुगु भाषाओं के शब्दों को सम्मिलित किया गया है । दक्षिण ऐशिया के शेष भाषाओं के ऑन लाइन शब्दकोश या डिजिटल शब्दकोश को इस परियोजना के अगामी संस्करणों में प्रस्तुत करने की योजना है ।

दक्षिण ऐशिया के विभिन्न भाषाओं की इस बृहद ऑन लाइन शब्दकोश परियोजना संयुक्तराष्ट्र के स्नातक, कार्यक्रम तथा अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा कार्यालय के अधीन कार्यरत अन्तर्राष्ट्रीय शोध एवं अध्ययन केन्द्र द्वारा वित्तपोषित है । कोलम्बिया विश्वविद्यालय में स्थित घरमं हिन्दूजा इण्डिक रीसर्च सेन्टर द्वारा डी.डी.एस.ए. के लिए चार संस्कृत शब्दकोश के ऑन लाइन संस्करण को प्रस्तुत किया जा चुका है ।

2. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ऑनलाइन विश्वकोश -

जिस तरह से संस्कृत शब्दकोशों के डिजिटल अथवा ऑनलाइन संस्करण को लेकर भारत की तुलना में विदेशों में बहुत पहले ही अनेक परियोजनाओं को प्रारम्भ कर दिया गया था ठीक वैसे ही संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विश्वकोश के डिजिटल अथवा ऑनलाइन संस्करण पर विदेशों में कुछ परियोजनाओं को बहुत पहले ही शुरू कर दिया गया था ।

Internet Encyclopaedia of Philosophy डिजिटल अथवा ऑनलाइन विश्वकोश का एक प्रमुख उदाहरण है । भारत में कुछ संस्कृत के आधुनिक विद्वानों ने संस्कृत विश्वकोशों के डिजिटल अथवा ऑन लाइन संस्करण को प्रकाशित कर चुके हैं । इस दिशा में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के सौजन्य से विश्वप्रसिद्ध "वाचस्पत्यम्" संस्कृत विश्वकोश के डिजिटल अथवा ऑनलाइन संस्करण संस्कृत के जिज्ञासुओं के लिए शीघ्र ही उपलब्ध होनें वाला है । साथ ही साथ, भारत तथा विश्व के अनेक देशों में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएँ सन्दर्भ ग्रन्थों एवं सूचना स्रोतों के डिजिटल संस्करणों को विकसित कर रहे हैं ।

2.1 संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के सन्दर्भ ग्रन्थों के डिजिटाइज्ड एवं स्कैन्ड संस्करणों के कुछ प्रमुख उदाहरण–

A) डिजिटाइज्ड संस्करण :

a. Monier Williams Sanskrit-English Dictionary (Advance Search).

b. Bochtlingk + Schmidt Sanskrit German Dictionary.

c. Bochtlingk & Roth Sanskrit German Dictionary.

d. Apte English-Sanskrit Dictionary.

e. Sanskrit and Temil Dictionaries.

f. MW Infllected forms.

B) स्कैण्ड संस्करणं :

a. Monier Williams Sanskrit-English Dictionary (Pdf-img).

b. Apte English-Sanskrit Dictionary (Pdf-img).

c. MacDonell Sanskrit - English Dictionary (img)

d. Wilson Sanskrit-English Dictionary (img).

e. Boehtlink Sanskrit German Dictionary.

f. Bochtlingk Roth Sanskrit-German Dictionary.

g. Kale Higher Sanskrit Grammar, 1894 (img)

3. इनफ्लिबनेट का योगदान-

इनफ्लिबनेट (Inflibnet) भारत का राष्ट्रीय ग्रन्थालय एवं सूचना नेटवर्क है तथा यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) का स्वायतशासी अन्तर्विश्वविद्यालयीन केन्द्र है । इसका मुख्य कार्यालय गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात के प्रांगण में स्थित है। यह अपने कार्यों का सम्पादन एकशासी निकाय, परिषद् एवं वित्त समिति के माध्यम से सम्पन्न करता है । इसका कार्यकारी अधिशासी निदेशक होता है ।

यह केन्द्र भारतीय विश्वविद्यालयों के ग्रन्थालयों एवं सूचना केन्द्रों के अधीन संगृहीत पाठ्य सामग्रियों के ग्रन्थ परक सूचनाओं को डेटाबेसों के रूप में संग्रहण कर ऑनलाइन प्रसार नेटवर्क के द्वारा सदस्य संस्थाओं के उपयोक्ताओं को उनके अध्ययन, अध्यापन तथा शोध गतिविधियों को यथा समय पूर्ण किया जा सके को लक्ष्य करके इस केन्द्र को यू.जी.सी. द्वारा स्थापित किया गया है ।

3.1 उद्देश्य एवं विभिन्न गतिविधियाँ-

इस केन्द्र का सबसे प्रमुख उद्देश्य यह है कि इसके माध्यम से भारत में स्थित सभी विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों एवं सूचना केन्द्रों के ग्रन्थालयों में संकलित पाठ्य सामग्री को कम्प्यूटर आधारित प्रक्रियाओं द्वारा अधिक से अधिक उपयोक्ताओं द्वारा उपयोग किया जा सके ।

ग्रन्थालय एवं सूचना केन्द्रों का आधुनिकीकरण करना, सूचनाओं को संचार प्रद्यौगिकी की सहायता से स्थानान्तरित करना, तथा आधुनिकीकरण प्रक्रिया से सम्बन्धित विभिन्न तकनीकों एवं प्रविधियों को विकसित करना आदि गतिविधियों को इनफ्लिबनेट परियोजना के मुख्य उद्देश्य के अन्तर्गत सम्मिलित किया जा सकता है । इस परियोजना को सर्वप्रथम सन 1991 में प्रारम्भ किया गया तथा मई 1996 से इसके द्वारा प्रारम्भ किये गये विभिन्न क्रियाकलापों में बहुत तेजी से विकास हुआ और यहीं से यह केन्द्र यू.जी.सी. का एक स्वतन्त्र स्वायतशासी अन्तर विश्वविद्यालयीन केन्द्र के रूप कार्य कर रहा है।

यह केन्द्र आधुनिक सूचना प्रद्यौगिकी की सभी विधियों एवं प्रकारों के उंपयोग के द्वारा भारत के सभी विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों के ग्रन्थालयों एवं सूचना केन्द्रों को एक राष्ट्रीय नेटवर्क के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है । अर्थात् ग्रन्थालयों के आधुनिकीकरण, यंत्रीकरण तथा ग्रन्थालयों में संकलित सामग्रियों का एक संघीय डेटाबेस विकसित कर शिक्षाविदों, विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को ऑन लाइन सेवा द्वारा उनके वांछित सूचनाओं को उपलब्ध कराना ही इसका प्रमुख कार्य है । इन गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नांकित है।

3.1.1. ग्रन्थालय स्वचालन—इस केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में भारतीय विश्वविद्यालयों तथा उच्चस्तरीय शोध संस्थानों के ग्रन्थालयों को स्वचालन (Automation) की सुविधा से सुसज्जित करना है जिससे इन ग्रन्थालयों के अन्तर्गत नेटवर्किंग एवं संसाधनों की सहभागिता के द्वारा सूचनाओं का आदान-प्रदान करने में सुविधा मिल सकती है । इसके लिए यह केन्द्र यूजीसी के माध्यम से विश्वविद्यालयों को अनावर्ति अनुदान प्रदान करता है । 2010 तक लगभग दो सौ से अधिक भारतीय विश्वविद्यालयों एवं उच्च शोध संस्थानों के ग्रन्थालयों को इस कार्य हेतु अनुदान प्राप्त हो चुका है । भारत में स्थित संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के क्षेत्र से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों, संस्कृत विद्या पीठों के अन्तर्गत सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा एवं अन्य को अनुदान की यह सुविधा दी जा चुकी है ।

3.1.2. सोलसाफ्टवेयर को विकसित करना—भारत के विश्वविद्यालय ग्रन्थालयों एवं सूचनाओं केन्द्रों में संचालित होने वाले विभिन्न सूचना गतिविधियों को एक समन्वित ग्रन्थालय साफ्टवेयर के द्वारा सम्पन्न कराया जा सके को लक्ष्य करके सोल साफ्टवेयर (SOUL Software) को विकसित किया गया है । SOUL Software शब्द Software for University Libraries का संक्षिप्त नाम है । इस साफ्टवेयर के सोल (SOUL) के नाम से शुरू करने के पहले कुछ अन्य नामों पर भी विचार किया गया था, परन्तु यू.जी.सी. के तत्कालीन चेयरमैन प्रो. यशपाल, इनफ्लिबनेट के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. सालगर तथा इनफ्लिबनेट के तत्कालीन निदेशक डा. टी.ए.वी. मुर्थी के द्वारा इस ग्रन्थालय साफ्टवेयर के लिए सोल साफ्टवेयर (SOUL Software) का नाम तय किया गया ।

यह साफ्टवेयर क्लांईट सरभर मोड में MS-SQL पर आधारित विन्डो आपरेटिंग सीस्टम के माध्यम से कार्य करता है । इसकी सहायता से बहुभाषिय डेटाबेस को निर्मित किया जा सकता है तथा इसमें वेब एक्सेस की सुविधा उपलब्ध है । इसमें ग्रन्थालय में सम्पादित किये जाने वाले प्रमुख नैतिक्य कार्यों पर आधारित पाँच मेजर मोड्यूलस Acquisition, Cataloguing, Circulation, OPAC एवं Serials Control को निर्मित किया गया है । इसको सी.सी.एफ. प्रारूप पर आधारित करके विकसित किया गया है तथा MARC 21से ग्रन्थपरक डेटा के आयात एवं निर्यात के लिए एक उपयुक्त इन्टरफेस की सुविधा दी गयी है। इस साफ्टवेयर में डेटा प्रविष्टियों के दौरान शब्दों के वर्तनी नियंत्रण तथा व्याकरण शुद्धी के लिए कुछ निर्देश फाइलों की सुविधा दी गयी है । अबतक एक सौ से अधिक भारतीय विश्वविद्यालयों के ग्रन्थालयों में इसे उपयोग में लाया जा रहा है । इसके प्रारम्भिक संस्करणों में आई. एस. एम. साफ्टवेयर के माध्यम से देवनागरी लिपि के ग्रन्थों के डेटा प्रविष्टि की सुविधा थी परन्तु उन प्रविष्टियों के लिए AACR-II प्रारूप में देवनागरी

लिपि में सूची पत्रकों को प्रिन्ट करने में कठिनाई थी, परन्तु इसके वर्तमान संस्करण बहुत विकसित है ।

3.1.3. संघीय डेटाबेस—यह केन्द्र भारत के सभी विश्वविद्यालयों, मानित विश्वविद्यालयों तथा शोध संस्थानों के ग्रन्थालयों के अधीन संगृहीत सूचना सामग्रियों का एक संघीय संघीय डेटाबेस तैयार करने हेतु सतत प्रयास रत है। इस संघीय डेटाबेस को इसके वेबसाइट http :// www. inflibnet.ac.in पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है । इस संघीय डेबाबेस के अन्तर्गत जिन डेटाबेसों को उपलब्ध कराया जाता है, वे इस प्रकार निम्न हैं–

i. ग्रन्थडेटाबेस (Monograph Databases)—इस डेटाबेट में सदस्य संस्थाओं के ग्रन्थालयों के अधीन संगृहीत नये तथा पुराने प्रकार के ग्रन्थों के ग्रन्थपरक सूचनाओं को सोल साफ्टवेयर में निवेशित करने के बाद इसके सीडी प्रति तैयार करके सदस्य ग्रन्थालयों द्वारा इस केन्द्र के मुख्य कार्यालय, अहमदाबाद को उपलब्ध कराया जाता है जहाँ पर इन सीडी में संकलित ग्रन्थ परक सूचनाओं को संघीय डेटाबेस में सम्मिलित कर लिया जाता है। वर्तमान इस डेटाबेस के माध्यम से भारतीय विश्वविद्यालय के ग्रन्थालों के अधीन संगृहीत ग्रन्थों के लगभग साठ लाख के आस-पास ग्रन्थों के ग्रन्थ परक सूचनाओं को उपलब्ध कराया गया है । इन ग्रन्थपरक सूचनाओं में भारत के आधुनिक विश्वविद्यालयों के साथ ही साथ पारम्परिक विश्वविद्यालयों जैसे सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा एवं अन्य संस्कृत विश्वविद्यालयों के ग्रन्थालयों के संकलनों को भी इसमें शामिल किया गया है । इस डेटाबेस के माध्यम से सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन ग्रन्थालय में संगृहीत लगभग दस हजार के आस-पास मुद्रित ग्रन्थों के ग्रन्थ परक सूचनाओं को उपलब्ध कराया गया है ।

ii. शोध-प्रबन्ध डेटाबेस—इस डेटाबेस के माध्यम से भारत के आधुनिक विश्वविद्यालयों के साथ ही साथ पारम्परिक विश्वविद्यालयों के ग्रन्थालयों में संगृहीत विभिन्न विषयों के शोध प्रबन्धों के लगभग डेढ़ लाख से अधिक संख्या में भारतीय शोध छात्रों के लिए ग्रन्थपरक विवरणों के साथ इसे उपलब्ध कराया गया है । शोधकर्त्ताओं द्वारा शीर्षकों के चयन में इससे बहुत अधिक सहायता मिलती है ।

iii. अद्यतन धारावाहिकों तथा शोध पत्र-पत्रिकाओं के संकलनों का डेटाबेस—इस डेटाबेस में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के संकलित 40,000 से अधिक धारावाहिकों के शीर्षकों में से 18000 के लगभग शीर्षकों के ग्रन्थपरक-सूचनाओं को उपलब्ध कराया जा चुका है । इस डेटाबेस के माध्यम से विश्वविद्यालय ग्रन्थालयों के मध्य संसाधनों की सहभागिता में बहुत सहायता मिलती है । इस डेटाबेस की सहायता से भारतीय विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं को बहुत कम खर्च में ही उनके शोध विषयों से सम्बन्धित साहित्य आसानी से प्राप्त हो सकता है।

iv. अद्यतन धारावाहिक डेटाबेस—इस डेटाबेस को यह केन्द्र सर्वप्रथम सन् 1998 में प्रारम्भ किया है तथा सन् 2000 तक इसमें भारत के 105 विश्वविद्यालय ग्रन्थालयों में सब्सक्राइब्ड 10500 से अधिक अद्यतन धारावाहिकों को उपयोग हेतु प्रस्तुत किया जा चुका है ।

v. विशेषज्ञ डेटाबेस—इस डेटाबेस के माध्यम से समस्त भारतीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत वरिष्ठ संकाय सदस्यों को शामिल किया गया है तथा आवश्यकता पड़ने पर इनसे तत्काल सम्पर्क स्थापित करने में यह डेटाबेस बहुत उपयोगी है । अबतक इसमें कुल 14000 के लगभग विशेषज्ञों के अभिलेखों को उपलब्ध कराया जा चुका है । यह डेटाबेस एलीट तथा पियर ग्रूप अथवा इनविजिबूल कालेज के मध्य सम्पर्क स्थापित करने का एक शसक्त माध्यम है ।

vi. शोध परियोजनाएँ —इनफ्लिबनेट केन्द्र के माध्यम से विभिन्न सरकारी अथवा स्वायशासी संस्थाओं के रूप में कार्यरत पचास से अधिक संगठनों एवं विभागों को शोधकार्य के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध कराया जा चुका है तथा अद्यावधि यह व्यवस्था अग्रसर है।

vii. सूचना के द्वितीयक श्रेणी के धारावाहिकों एवं सी.डी. रोम डेटाबेस—इस केन्द्र ने इस नवीन डेटाबेस परियोजना को सन् 1998 में कुल 300 प्रलेखों के साथ प्रारम्भ किया था जिसके अन्तर्गत सीडी रोम में अनुदानित ग्रन्थ परक डेटाबेस, सारकरण एवं अनुक्रमणीकरण के पत्रिकाओं को जिनको भारत में कम से कम 110 विश्वविद्यालयों में प्राप्त किया जाता है, को सम्मिलित किया गया है । इसकी सहायता से ऊँचे मूल्य के धारावाहिकों को अनावश्यक रूप से अनेक ग्रन्थालयों में क्रय करने तथा तथा उन्हें संगृहीत करने में उत्पन्न स्थान की समस्या से बचा जा सकता है ।

3.1.4. इनफ्लिबनेट केन्द्र द्वारा आयोजित अन्य सेवाएँ—इस केन्द्र द्वारा आयोजित अन्य सेवाओं के अन्तर्गत सी डी रोम आधारित सेवा, कापसैट सेवा, ओ.सी. एल.सी. प्रथम खोज सेवा के ग्रन्थपरक सूचनाओं को सदस्य संस्थाओं के पाठकों को निःशुल्क उपलब्ध करवाना तथा प्रलेख-प्रदाय सेवा (Document Delivery Service) के अन्तर्गत छः भारतीय विश्वविद्यालयों को अधिकृत किया गया है जो इस प्रकार निम्नलिखित हैं–

1. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।
2. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ।
3. पंजाब विश्वविद्यालय, चन्डीगढ़ ।
4. हैदराबाद विश्व विद्यालय, हैदराबाद ।
5. टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंस, मुम्बई।
6. इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलूरू।

इनफ्लिबनेट केन्द्र द्वारा अधिकृत किये गये उपर्युक्त छः विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों के अधीन प्रलेख प्रदाय सेवा तिव्रगति से संचालित हो रहा है । परन्तु संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के पारम्परिक विश्वविद्यालयों में से किसी एक को इसमें सम्मिलित किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है । इस दृष्टिकोण से सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी अपने 220 वर्षों के संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के ऐतिहासिक धरोहर के साथ ही इस प्रलेख प्रदाय सेवा के लिए अधिकृत किया जाना उचित प्रतीत होता है ।

यह केन्द्र उपर्युक्त वर्णित सेवाओं के अतिरिक्त प्रतिवर्ष भारत में (Caliber) कैलीवर के वार्षिक सम्मेलनों को आयोजित कर विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों के ग्रन्थालयों में पुस्तकालय स्वचालन के उपलब्धियों एवं विस्तारों पर ग्रन्थालियों एवं सूचना अधिकारियों को अपने विचारों एवं सुझावों को एक दूसरे के मध्य आदान-प्रदान करने हेतु उचित अवसर प्रदान करता है ।

3.1.5. यू.जी.सी.–इन्फोनेट (UGC-INFONET)-यह परियोजना भारतीय विश्वविद्यालयों के शैक्षिक गतिविधियों में सूचना एवं संचार प्रद्यौगिकी का अधिकाधिक उपयोग हो सके के लिए इसे एरनेट इण्डिया तथा इनप्लिबनेट केन्द्र ने प्रारम्भ किया है। यूजीसी-इन्फोनेट एक राष्ट्रीय स्तर का भारतीय शिक्षा के विकास में एक बृहद् संचार नेटवर्क है तथा इसके माध्यम से भारतीय विश्वविद्यालयों में संचालित होने वाले शोध, शैक्षिक तथा अन्य गतिविधियों को ऑनलाइन द्वारा अधिक से अधिक उपयोग किया जा सकता है। यू.जी.सी. के बेबसाइट की सहायता से इससे सम्बन्धित विस्तृत सूचना प्राप्त की जा सकती है। इस साइट का यू.आर. एल. www.ugc.ac.in है ।

❑❑

द्वादश अध्याय

संस्कृत तथा प्राच्य विद्या के प्रमुख विषयगत 'ई' एवं आनलाइन सूचना स्त्रोत
(Subject based 'e' and online Major Sources of Information of Sanskrit and Oriental Learnings)

1. भूमिका-

कम्प्यूटर, इन्टरनेट एवं सूचना प्रद्यौगिकी के आगमन से विज्ञान, अभियांत्रिकी, गणित एवं सामाजिक विज्ञानों के साथ ही साथ संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्रकाशन के क्षेत्र में भी एक नयी दिशा अर्थात् -"ई" प्रकाशन के रूप में प्राप्ति हुई है । 'ई' प्रकाशन का विस्तृत रूप "ईलैक्ट्रानिक प्रकाशन" है । इसके अन्तर्गत ग्रन्थों एवं ग्रन्थेतर पाठ्य सामग्रियों को ईलैक्ट्रानिक विधियों से मुद्रित एवं प्रकाशित किया जाता है । कागज आधारित मुद्रित ग्रन्थों के सभी रूपों को ईलैक्ट्रानिक अथवा डिजिटल रूपों में प्रकाशित किया जा सकता है । उदाहरणार्थ, आनलाइन शब्दकोश, विश्वकोश, ई-बुक्स, ई-मैगजीन, एवं ई-बुलेटिन आदि को सम्मिलित किया जा सकता है ।

ई-ग्रन्थ मुख्य रूप से ग्रन्थों का डिजिटल रूपांतरण है जिनको ईलैक्ट्रानिक विधियों से संगृहीत किया जाता है तथा उपयोग में लाया जाता है । इसकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसको उपयोग करने के लिए कम्प्यूटर पठनीय उपकरणों की सहायता लेनी पड़ती है ।

2. 'ई' ग्रन्थ के प्रकार-

यह मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं जैसे किसी विषय से सम्बन्धित एक नयी कृति को डिजिटल अथवा ईलैक्ट्रानिक विधियों के विभिन्न तकनीकों की सहायता लेकर नवीन संस्करण प्रकाशित करना तथा दूसरे रूप के अन्तर्गत पूर्व प्रकाशित कागज अधारित मुद्रित ग्रन्थ को उच्चश्रेणी के डिजिटल कैमरा अथवा स्कैनर की सहायता से स्कैन्ड इमेज तैयार किया जाता है । इस प्रकार इन दोनों प्रकारों के ई-ग्रन्थों के उपयोग एवं संग्रह के लिए कुछ विशेष ईलैक्ट्रानिक विधियों की सहायता लेनी पड़ती है । उदाहरण के लिए इन्हें

एक व्यक्तिगत कम्प्यूटर (PC) या इसी प्रकार का कोई अन्य विधि अथवा ई-ग्रन्थ रीडर की सहायता से इसे पढ़ा अथवा अन्य उपयोग में लाया जा सकता है । कागज आधारित मुद्रित ग्रन्थ सामग्रियों की तुलना में ई-पाठ्यसामग्री बहुत अधिक उपयोगी एवं सूचना प्रद होती है।

3. ई-पाठ्य सामग्री के प्रारूप-

ई-पाठ्य सामग्री के ईलैक्ट्रानिक आरूपों के अन्तर्गत श्रव्य दृश्य सामग्री (**Audio-Visual Objects**), माइक्रोफार्म्स, सीडी रोम, डीवीडी, ई-मेल, फैक्स, इन्ट्रानेट तथा इन्टरनेट को सम्मिलित किया जा सकता है । इन माध्यमों के द्वारा ई-ग्रन्थों के उपयोग एवं उनके आदान-प्रदान बिना किसी बाधा के सम्पन्न किये जा सकते हैं।

4. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में ई-ग्रन्थ प्रकाशन-

संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के क्षेत्र में कार्यरत अध्यापक वर्ग, शोधकर्त्ता एवं छात्र समुदाय को उनके द्वारा मांगी गयी सूचनाओं को यथाशीघ्र कैसे उपलब्ध करायी जा सके जिससे कि वे अपने अध्यापन, अध्ययन एवं शोध कार्यों को समय सीमा के अन्दर ही पूरा करने में समर्थ हो सके । इसी को दृष्टिगत करते हुए इस क्षेत्र में ई-ग्रन्थ प्रकाशन के द्वारा संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के अनेक सन्दर्भ एवं सूचना स्रोतों को 'ई' रूपों में प्रकाशित किये जा चुके हैं तथा यह प्रक्रिया निरन्तर गतिशील है । इसकी सहायता से संस्कृत में रूचि रखने वाले जिज्ञासुओं को अद्यतन सूचनाओं को त्वरित गति से उपलब्ध करायी जाती है ।

अब तक भारत सहित विश्व के अनेक राष्ट्रों में संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के विभिन्न विषयों से सम्बन्धित ई-प्रलेखों के कम से कम पचीस के आस-पास वेब साईट्स विकसित किये जा चुके हैं । कुछ वेबसाईट्सट में इन प्रलेखों की सीडी, डीवीडी अथवा अन्य रूपों में इनको प्राप्त करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण ईलैक्ट्रानिक-मेलों से सीधा सम्पर्क हेतु निर्देश भी दिये गये हैं। संस्कृत एवं प्राच्य विद्या से सम्बन्धित विभिन्न वेबसाईट्स में **www.Sanskrit documents. org** एक महत्वपूर्ण वेबसाइट है जिसके उपयोग द्वारा संस्कृत के ई-पाठ्य-सामग्रियों का अधिक से अधिक उपयोग किया जा सकता है ।

5. संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के ई-प्रलेखों के प्रमुख वेबसाईटस एवं यू.आर.एल.स.-

1. **http :// www. india culture.nic.in**
2. **http : // www. sanskritdocuments.org/**
3. **http : // www. Vedamu.org.**
4. **http : // www. atmadharan. com**
5. **http : // www. onlinedarshan.com**
6. **http : // www. ambaa. org.**

7. **http : // www. sanskrit. safire.Com**
8. **http : // www. astrojyoti. Com**
9. **http : // www. muktabodha.org**
10. **http : // svbf. org/**
11. **http : // www. vidyabrikshah. org.**
12. **http : // www. ibiblio. org/ jainism/database.**
13. **http : // www. uwest. edu/sanskrit Canon.**
14. **http : // www. ahobila mutta. org/tamil html.**
15. **http : // geo cities. com/yajurveda/**
16. **http : // www. granthamandiram.com**
17. **http : // www. Vedavid. org/**
18. **http : // www. sanskritlinks. blogspot. com/**
19. **http : // www. ssvv.up.nic.in**
20. **http : // www. icpr. in**
21. **http : // www. ignca. nic.in**
22. **http : // www. sanskrit-lexicon-uni-koeln-de/**

6. फॉक एवं यूजनेट-

'ई' संस्कृत प्रलेखों के रूप में विस्तृत सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए फॉक (FAQ) एवं यूजनेट (USENET) एक शसक्त माध्यम है । फॉक (फ्रीक्वेन्टली आस्कड क्वेश्चन्स फार संस्कृत डाक्यूमेन्टस) का एक संक्षिप्त रूप है । संस्कृत में 'ई' प्रलेखों के वेबसाइट्स भिन्न भिन्न हो सकते हैं तथा यह भी सम्भव नहीं है कि सभी उपयोक्ताओं को संस्कृत ई-प्रलेखों के सभी साइट्स के बारे में पूरी-पूरी जानकारी पहले से ही है । इसलिए संस्कृत के 'ई'–प्रलेखों में निहित वांछित सूचनाओं को त्वरित गति से फॉक एवं यूजनेट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है । यह एक प्रकार का सहायता उपकरण (Help tool) के रूप में कार्य करता है ।

इस प्रकार संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के उपयोक्ताओं को विभिन्न विषयों से सम्बन्धित 'ई' अथवा डिजिटल प्रलेखों पर आधारित प्रश्नों की एक विस्तृत शृंखला में से फॉक अथवा यूजनेट के द्वारा अपने वांछित उतर को प्राप्त करने के लिए कुछ चयनित प्रश्नों को वर्तमान में इन्टरनेट के माध्यम से जिन वेबसाइट्स अथवा यू.आर. एलस. को उपलब्ध कराया गया है उन सभी में फॉक एवं यूजनेट की सुविधा उपलब्ध है, क्योंकि ई-प्रलेखों के अधिकाधिक उपयोग के लिए यह एक शसक्त माध्यम है।

चयनित वाङ्मयसूची (Selected Bibliography)

1. वर्णेकर, श्रीधरभास्कर : संस्कृत वाङ्मय कोश, कलकता, भारतीय भाषा परिषद्, 1987. तीन खण्ड ।
2. उपाध्याय, आचार्य बलदेव : काशी की पाण्डित्य परम्परा, वाराणसी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, 1983 ।
3. हिन्दी विश्वकोश : खण्ड-6, वाराणसी, नागरी प्रचारिणी सभा, 1967।
4. त्रिपाठी, एस.एम. एवं गौतम, जे. एन. : सूचना एवं सन्दर्भ के प्रमुख स्रोत, आगरा, वाई. के. पब्लिशर्स, 2005 ।
5. त्रिपाठी, एस. एम. : विज्ञानों तथा सामाजिक विज्ञानों एवं मानविकी की वाङ्मय सूचियाँ तथा सूचना स्रोत, आगरा, वाई. के. पब्लिशर्स, 2003।
6. त्रिपाठी, एस.एम. : सूचना एवं सन्दर्भ स्रोत के नवीन आयाम, आगरा, वाई. के. पब्लिशर्स, 1993 ।
7. गुप्ता, पवन कुमार एवं पवन, उषा : सन्दर्भ सेवा एवं सूचना स्रोत, जयपुर, आर. बी. एस. ए. पब्लिशर्स, द्वितीय संस्करण, 1998 ।
8. कौशिक, पूर्णिमा : सन्दर्भ सेवा : सिद्धान्त एवं व्यवहार, जयपुर, यूनिवर्सिटी बुक हाउस प्रा. लिमिटेड, 2002 ।
9. शर्मा, अजय कुमार : पुस्तकालय सन्दर्भ सेवा, वाङ्मय सूची एवं प्रलेखन, दिल्ली, चेतना प्रकाशन, 1990-91 ।
10. शास्त्री, द्वारका प्रसाद : पुस्तकालय में सन्दर्भ सेवा, वाराणसी, हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, 1960 ।
11. शर्मा, चन्द्रकान्त : ग्रन्थालय में सन्दर्भ सेवा, नई दिल्ली, मेट्रो पोलिटन बुक कम्पनी प्रा. लिमिटेड, 1978 ।
12. सुदेश्वरन, के. एस. : सन्दर्भ सेवा : सिद्धान्त और प्रयोग, मध्य प्रदेश, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1980 ।
13. अग्रवाल, एम. एल. एवं शर्मा, एस. जी. : पुस्तकालय सन्दर्भ सेवा, जयपुर, प्रिन्टवैल, 1994 ।
14. Chakrabarti, Bhubaneshwar : Fundamentals of reference service. Calcutta, World Press, 1985.
15. Mukherjee, A.K. : Reference work and its tools. ed. 3. Calcutta, World Press, 1971.

16. Ranganathan, S.R. : Reference Service. Ed.2. Bombay, Asia Publishing House, 1961.
17. Sharma, Jagadish Sharan and GROVER : Reference Service and Sources of Information, New Delhi, ESS ESS Publications, 1987.
18. Krishna Kumar : Reference Service. New Delhi, Vikas Publishing House Pvt.Ltd., 1987.
19. Grogan, Denis : Science and Technology : an introduction to literature 4rth ed., London Clive Bingley, 1982.
20. Shores, Louis : Basic reference sources, Chicago, American Library Association, 1954.
21. KATZ, Welliam A. : Introduction to reference work, 5th. edn., New York, McGrahill, 1987. 2 Vols.
22. Davinson, Donald : Reference Service, London, Clive Bingley, 1980 .
23. GALVIN, Thomas J. : Problems in Reference Service, New York, Bowker, 1965.
24. MONIER, William M. : A Sanskrit English Dictionary, 1899.
25. NICHOLLAS, George : History of Sanskrit College of Benares, Benaras, Government Press, 1907.
26. SKETCH of the rise and progress of the Benares Path shalla, Varanasi, Sampurnanand Sanskrit Vishravidyalaya.
27. BWARDWAJ, Baliram Shastry : Saraswati Bhawan Pustakalaya, Lucknow, Government of U.P., 1960.
28. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय रजत जयंती स्मारिका, वाराणसी, सं.सं.वि.वि., 1984।
29. उपाध्याय, रामजी : प्राचीन भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक भूमिका, वाराणसी, चौखम्बा विद्या भवन, 1991 ।
30. पाण्डेय, हरिशंकर : प्राकृत रूप रचनाकोश, दिल्ली, न्यू भारतीय बुक कारपोरेशन, 2001 ।
31. सिंह, परमानन्द : बौद्ध साहित्य में भारतीय समाज, वाराणसी, म. गा. का. वि. पी., 1996 ।

32. मिश्र, रामगोपाल : संस्कृत पत्रकारिता का इतिहास, दिल्ली, विवेक प्रकाशन, 1980 ।

33. ओझा, राय बहादुर पं. गौरी शंकर हीराचन्द : प्राचीन भारतीय लिपिमाला, नई दिल्ली, मुंशी राम मनोहर लाल, 1971।

34. शुक्ल, हीरालाल संस्कृत का समाजशास्त्र स्वतन्त्रता संग्राम और संस्कृत साहित्य, दिल्ली, भारतीय विद्या प्रकाशन, 1989।

35. तिवारी, ब्रजमोहन : 20वीं शताब्दी के संस्कृत साहित्य को बिहार का अवदान, दिल्ली, आदित्य बुक सेन्टर, 2002।

36. शास्त्री, देवर्षि कलानाथ : जयपुर की संस्कृत परम्परा, जयपुर, हंसा प्रकाशन, 2000।

37. मालवीय, रामचन्द्र : संस्कृत के विद्वान और पंडित, वाराणसी, चौखम्बा प्रकाशन, 1972।

❑❑